Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj, Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj, Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

Comprehensive English Hindi
Dictionary.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS



CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj, Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

abetter, abettor n. प्रोत्साहक, प्रवर्तक, अनूत्तेजक, उकसानेवाला, बहकानेवाला।

abeyance n. (अधिकार आदिका) आस्थगन, उपरोध, दुविधा, असमंजस, ठहराव; *be in or fall into ~* आस्थगित होना, दुविधामें पड़ना, खटाईमें पड़ना, झमेलेमें पड़ना।

abeyant a. आस्थगित।

abhor v.t. (-rr-) गर्हित समझना, तिरस्कार करना, अश्रद्धा करना, घृणा करना, घिन करना।

abhorred a. गर्हित, घृणित।

abhorrence, abhorrency nn. गर्हा, जुगुप्सा, घृणा, विद्वेष, तिरस्कार, चिढ़; घृणित वस्तु (जैसे, *flattery is my ~*)।

abhorrent a. बीभत्स, बीभत्सक, घृण्य, घृणोत्पादक, घृणास्पद, तिरस्करणीय, घिनौना; अयुक्त, असंगत, बेमेल, बेजोड़; (प्रा०) विद्वेषी, (जैसे, *Greeks were ~ of excess*)।

abhorrer n. बीभत्सु; (इति०, १६८० ई० में चार्ल्स द्वितीयके प्रशंसा-पत्रोंपर हस्ताक्षर करनेवालोंका उपनाम)।

abhorrible a. घृण्य, जुगुप्स्य, बीभत्स्य।

abhorring n. द्वेष्य पदार्थ, घृणाकी वस्तु; गर्हा, द्वेष, घृणा, बीभत्सा, अरुचि।

abidal n. अवस्थान, ठहराव; आवास, निवास।

abidance n. अवस्थान, अवस्थिति, निवास, वास; अनुक्रम, निरन्तरता, चलन, जारी रहना; नियम-पालन, पाबन्दी।

abide v.t. & i. शेष रहना; चालू रहना या रखना, बच रहना, चलना; (प्रा०) निवास करना, बसना, रहना; निश्चल रहना, स्थिर रहना, दृढ़ रहना, डटे रहना, टिकना; (by के साथ) निष्ठापूर्ण होना, भक्ति रखना, कर्तव्यनिष्ठ होना, पक्का रहना, पाबन्द रहना; आचरण करना, पालन करना, मानना, चलना; प्रतीक्षा करना; सहना, सामना करना, झेलना; स्वीकार करना, मानना, सह जाना, पी जाना।

abider n. निवासी।

abiding a. ध्रुव, नित्य, शाश्वत, चिर, अक्षुण्ण, स्थायी, स्थिर, टिकाऊ।

abigail n. प्रसाधिका, परिचारिका, सेविका, दासी, दाई।

abigeat n. पशुचौर्य।

ability n. क्षमता, सामर्थ्य, योग्यता; दक्षता, प्रावीण्य; (पर्य्याप्त) शक्ति, बल, ताकत; अधिकार, (कार्य करनेकी) कानूनी समर्थता; सम्पन्नता, (वित्तीय) सामर्थ्य, हैसियत; चातुर्य, चतुरता; बुद्धिवैभव, बौद्धिक योग्यता, होशियारी।

abiogenesis n. अजीवजनन, अयोनिजन्म, स्वयम्भव।

abiogenist n. अजीवजननवादी।

abiogeny n. अजीवजन्म।

abiology n. अजीव-विज्ञान, अजैविकी।

abiosis n. अजीवता, अयोनिता।

abject[1] n. (बाइ० और प्रा०) नीचतम पुरुष, अधोगत व्यक्ति, पाजी आदमी, कमीना आदमी।

abject[2] a. नीच, अधम, कमीना।

abject[3] v.t. (अप्रचलित) भ्रष्ट करना, हटाना।

abjection, abjectness nn. अधोगति, अपकर्ष, निकृष्टता, अधमता, निकृष्ट दशा, अवकृष्ट अवस्था, निम्न स्थिति, नीचता, नीच दशा, कमीनापन; उत्साह-हीनता।

abjoint v.t. उच्छेद करना, काटना।

abjudicate v.t. न्याय करना।

abjunction n. उच्छेदन, कटाई।

abjuration n. संत्याग, सशपथ-त्याग; प्रतीकार, प्रति-कथन, खण्डन।

abjuratory a. संत्यागी।

abjure v.t. संत्याग करना, सशपथ त्याग करना, शपथपर इनकार करना; स्वदेश-त्यागकी शपथ लेना; मुकरना; प्रतिषेध करना, खण्डन करना।

abjurer n. संत्याजक।

ablactate v.t. स्तन्य-त्याजन कराना, स्तन्यापनयन कराना, दूध छुड़ाना।

ablactation n. स्तन्य-त्याजन, दूध छुड़ाई।

ablation n. अपादान, अपकर्तन, अपसारण, अपहरण; (विशे० शल्यचि० में) काटना, हटाना, निकालना, अलग करना; (भूगर्भ०) क्षीणता, ह्रास, घिसना, चट्टान-का घुलना।

ablatival a. अपहारी; पृथक्कारक, बहिष्कारक।

ablative a. & n. अपादान कारक, पंचमी विभक्ति।

ablaut n. अपश्रुति, स्वरक्रम।

ablaze adv. & pred. a. भासमान्, देदीप्यमान्, प्रदीप्त, प्रज्वलित, दीप्त, जलता-बलता, दमकता हुआ; क्रुद्ध, उत्तेजित।

able* a. क्षम, योग्य*, समर्थ, लायक, काबिल; दक्ष, कुशल, चतुर, होशियार; शक्त, शक्ति-सम्पन्न, साधन-सम्पन्न; सामर्थ्यवान्, वैध (अधिकारी); समर्थांग, सबल-शरीर, तगड़ा।

ablegate n. पोपका दूत।

ablepsy n. दृष्टिशून्यता, अन्धापन।

ablution n. (प्रायः ब० व०) संक्षालन, आचमन, परिमार्जन; अभिषेक, स्नान, नहलाई-धुलाई; (sing. रोमन कैथोलिक संस्कारोंमें) प्रक्षालन, चरणामृत, धोवन।

ablutionary a. उपस्पर्शीय, शुद्धिविषयक; अभिषेक-विषयक, स्नान-सम्बन्धी।

abnegate v.t. अपत्यक्त करना, त्यागना, छोड़ देना; अस्वीकार करना, मुकरना, इनकार करना।

abnegator n. अपत्यक्ता।

abnegation n. अपत्याग, परित्यजन; अस्वीकृति, इनकार; सर्वत्याग, प्राणार्पण, आत्मोत्सर्ग, आत्मबलि।

abnegative a. अपप्रतिषेधी, अपत्यागी।

abneural a. अभिचेत, उपचेत, प्रतिपेशी।

abnormal a. स्तरच्युत, विरूप, अपप्रकृत, असामान्य, अस्वाभाविक; अनियमित, नियमविरुद्ध।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

abnormalism n. अपप्रकृतता, असामान्यता; असाधारणतावाद, वैचित्र्यवाद, अनियमवादिता; नियमविरोधत्व।
abnormality, abnormity nn. अपप्रकृतत्व, असामान्यता, स्तरच्युति, असाधारणता, वैचित्र्य, वैरूप्य, विलक्षणता; अस्वाभाविकता; अनियम, विधिविरोध।
abnormous a. (क्वचित्) असामान्य, असाधारण, गैरमामूली।
aboard adv. & prep. जलयानपर, पोतपर, जहाजपर, नावपर; गाड़ीपर, ट्रेनपर⊙; समीप, पास-पास, करीब; *fall* ~ (जहाजोंका) भिड़ जाना, लड़ पड़ना।
abode[1] n. वास, आवास, आलय, निलय, गृह, घर; ठहरने या रहनेकी आदत वा अभ्यास।
abode[2] दे० ABIDE[1]।
abolish v.t. उन्मूलन करना, उत्सादन करना, नाश करना, अन्त करना, तोड़ना, मिटाना, रद्द करना, हटाना।
abolishable a. उन्मूलनीय, विनश्य, मिटा देने योग्य, हटाने लायक।
abolisher n. उन्मूलक, नाशक, मिटा (हटा) देनेवाला।
abolishment n. उन्मूलन, उत्सादन, निवर्तन, निवारण, अन्तकरण।
abolition n. ABOLISHMENT; दासप्रथोन्मूलन (विशे० नीग्रो जातिकी);
~ of post, ~ of untouchability, ~ of slavery, ~ of titles.
abolitionism n. दासप्रथोन्मूलनवाद, दासत्वविरोध।
abolitionist n. दासप्रथाविरोधी, दासतोन्मूलनवादी।
abominable a. घृणार्ह, जघन्य, गर्हणीय, जुगुप्स्य, जुगुप्साकर; (नैतिक या शारीरिक दृष्टिसे) अमंगल; (अतिशयोक्तियोंमें) अत्यन्त अप्रिय, निन्द्य।
abominableness n. घृणार्हता, जघन्यता, गर्हणीयता, जुगुप्स्नीयता, घिनौनापन; अमांगल्य, अमंगल।
abominate[1] v.t. घृणा करना, गर्हा करना, जुगुप्सा करना, नफरत करना; (अतिशयोक्तियोंमें) निन्दित समझना, नापसन्द करना।
abominate[2] n. (क्वा०) घृणित, गर्हित, जुगुप्सित, निन्दित, तिरस्कृत।
abominator a. जुगुप्सक, आकर, तिरस्कर्ता।
abomination n. घृणा, गर्हा, जुगुप्सा, घिन; घृण्य या तिरस्कार्य वस्तु; घृण्य या नीच प्रकृत्त या कार्य।
aboriginal[1] n. आदिवासी, मूलनिवासी; मूलवस्तु।
aboriginal[2] a. आद्य, आदिम, मूल; देशवासी; उपनिवेशियोंके पूर्ववर्ती।
aboriginalism n. आदिवासितावाद, मूलवासिवाद; मूलनिवासाधिकार, मूलनिवासियोंकी समुचित मान्यता।
aboriginality n. आदिकालीनता, आदिवासीपन, देसीपन।
aborigine n. आदिवासी, देशज; वनवासी।
aborigines n. (pl.; sing. *aboriginal*) दे० ABORIGINAL[1]।
abort v.t. & i. अकालप्रसव कराना; भ्रूणपात करना या होना, गर्भपात होना, पेट गिरना या गिराना, बच्चा गिरना या गिराना; (जीववि०) विकासरोधन होना, विकास रुक जाना, विकास रोकना, उठान मारना, उठानका मारा जाना, मुरझा जाना।
aborted a. अकालोत्पन्न, असमय प्रसूत; असामयिक; असफल; रुद्धविकास, अविकसित; (जीववि०) आदिम, प्राथमिक, प्रारम्भिक।
aborticide n. भ्रूणहनन, भ्रूणहत्या; भ्रूणघातक।
abortifacient a. & n. भ्रूणघ्न (भेषज), भ्रूणहिंस्र (ओषधि), गर्भस्रावक (औषध)।
abortion n. गर्भस्राव, गर्भच्युति, गर्भपात, कच्चा, (जीववि०) अवरोधन, वर्धविरोध, अवरुद्ध विकास; अविकसितता, विकृत जीव; (औ०) आदिरोधन, कार्यच्युति, विफलता।
abortive a. गर्भच्युत, अपक्वजन्मा, अकालप्रसूत, कच्चा; निष्फल, विफल, अफल, वन्ध्य, अकारथ; अवर्द्धित, वर्धविरुद्ध, रुद्धविकास, अविकसित, अपुष्ट।
abortiveness n. गर्भच्युति, अपक्वजन्मता, अकालप्रसव; निष्फलता, विफलता, अफलता, वन्ध्यता; वर्धविरोध, अविकास, अपुष्टता।
abound v.i. प्रभूत होना, प्रचुर होना, सम्बहुल होना, भरपूर होना, काफी होना; सम्पन्न होना, धनी होना; किसी स्थानका भर जाना, भरा-पूरा होना; आप्लावित होना, छलकना, उबल पड़ना।
abounding a. प्रभूत, प्रचुर, पर्याप्त, बहुत अधिक, समृद्ध, भरपूर (जैसे, *The vicinity of the Himalayas is ~ in wild beasts*).
about*[1] adv. & prep. विषयमें, सम्बन्धमें, *बारेमें, बाबत; घूमकर, चक्कर काटकर (जैसे, *turn* ~); मुँह घुमाकर; हर ओर फिरकर (जैसे, *read verse* ~); लगभग (जैसे, ~ *half*); समीप, करीब; अत्र-तत्र, इधर-उधर, यहाँ-वहाँ, हर कहीं; अभितः, परितः, समन्तात्, (किसी केन्द्रके) चारों ओर, इर्द-गिर्द (जैसे, *look* ~ *you*); आस-पास (जैसे, *fields* ~ *Allahabad University*, ~ *Law College Building*); फेरमें, चिन्तामें (जैसे, *what are you* ~*?*); *be* ~ हिलना, करते चलना; *bring* ~ कराना; *go* ~ करने चलना।
about[2] v.t. (जलपोतकी दिशा) बदलकर मार्गपर चलाना; प्रतिमुख या प्रतिदिश चलाना।
above[1] a. गत, पूर्व, पिछला, पहलेका; उपर्युक्त, उपरिलिखित।
above[2] adv. ऊपर, ऊँचेपर, ऊँचाईपर, सिरके ऊपर; बहावके ऊपरकी ओर; चढ़ावपर; स्वर्गमें, आकाशमें; *over and* ~ अतिरिक्त, अलावा, साथ ही साथ।
above[3] prep. पर, ऊपर, अधिक ऊँचा, सिरपरसे; ~ *par*; ~ *oneself*, ~ *criticism*, ~ *measure*, ~ *my understanding*; शक्तिके परे, पहुँचके बाहर; ~ *meanness* नीचतासे परे; ~ *all* सर्वोपरि, अधिक महत्त्व... ~-*board* a. adv. & prep. अगुप्त,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj, Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अनावृत, प्रकट, खुला हुआ, साफ, ठीक, खरा; निष्कपट, निश्छल; प्रकट रूपसे, खुलमखुला, खुले तौरपर, सबके सामने; ~ *ground* a. भूम्युपरिक, पृथ्वीके ऊपर, मर्त्यलोकस्थ; प्राणोपेत, जानदार।

abracadabra n. निरर्थक शब्द-समष्टि, बड़बड़ाहट; मन्त्र, मन्तर, जादू, टोना; (मन्त्र या जादूके) अस्पष्ट बोल; कवच, यन्त्र, जन्तर।

abradant n. अपघर्षी, रगड़ीला।

abrade v.t. अपघर्षण करना, रगड़ डालना, घिसना, छील देना; (खाल आदिपर) खरोंच मारना, घाव कर देना।

abrader n. अपघर्षक, रगड़नेवाला।

Abraham-man n. (इति०) सोलहवीं शती ईसवीका घुमक्कड़ भिखारी; झक्की, सनकी, पागल।

abranchial n. अक्लोम, बिना गलफड़ेका।

abrase v.t. दे० ABRADE.

abrasion n. अपघर्षण, घिसाव, घिसाई, घिस्सा, रगड़, छिलोर; (खाल आदिका) आघात, घाव, खरोंच, जख्म।

abrasive[1] n. त्वचापघर्षक पदार्थ, खाल खरोंचनेवाली वस्तु।

abrasive[2] a. अपघर्षी, छीलनेवाला, खुरचनेवाला, घिसनेवाला, रगड़नेवाला।

abraxas n. गंडा, तावीज।

abreast adv. पार्श्वतः, पार्श्वानुपार्श्व, एक साथ, साथ-साथ, पास-पास, बराबर।

abreuvoir n. पशु-जलाशय।

abridge v.t. संक्षिप्त करना, घटाना, छोटा करना, कम करना; (अधिकार या वस्तुसे) वंचित करना, रहित करना, हीन करना।

abridged a. संक्षिप्त, छोटा।

abridgement,—gment n. संक्षेपण, प्रतिहास, प्रतिहासन, घटाव, घटी; ~ *of damages* हानिपूर्तिका न्यूनन।

abroach a. निर्विद्ध, खुला, खुले मुँह।

abroad[1] n. विदेश, परदेश, अन्य देश, सुदूर स्थान, (जैसे, *he's come from* ~)।

abroad[2] adv. विस्तृत, फैली हुई; सर्वत्र, इधर-उधर, सब दिशाओंमें; विदेशमें, बाहर; अशुद्ध, अण्ट-सण्ट, कुछका कुछ, गलत-सलत।

abrogable a. निराकार्य, अभिनिषेध्य।

abrogate v.t. उत्सादन करना, निराकरण करना, अभिनिषेध करना, रद्द करना, हटा देना।

abrogated a. उत्सादित, निराकृत, अभिनिषिद्ध, रद्द, हटाया हुआ।

abrogation n. उत्सादन, निराकृति, निराकरण, अभिनिषेध, अपाकरण, रद्द करना।

abrogative a. निराकारी, उत्सादक, निराकरणोन्मुख रद्द करनेवाला।

abrupt a. प्रवण, विषम, त्रुटित, दुरारोह; सम्भ्रम, अप्रत्याशित, आकस्मिक; असंगत, असम्बद्ध, भग्न, बेढंगा; कतरा हुआ, छँटा हुआ।

abruption n. (समग्रसे किसी भागका) पृथक्करण, अलगाव; छाँट।

abruptly adv. सहसा, अकस्मात्, अचानक, एकाएक; झुके हुए; ढलते हुए।

abruptness n. अप्रत्याशितता, आकस्मिकता; लम्बत्व, ढालूपन; बेढंगापन।

abscess n. विद्रधि, सपूय व्रण, पीपदार फोड़ा।

abscind v.t. विच्छिन्न कर देना, काट देना, अलग कर देना, छाँटना, उड़ा देना।

abscissa n. सूच्याकार भुज।

abscission n. अपाच्छेदन, विच्छेदन, अंग-विच्छेद, अलगाव, काट, चीर-फाड़।

abscond v.i. अपपलायन करना, अपगोपन करना, भाग जाना, ले भागना, फरार होना।

absconded a. अपपलायित, अपगुप्त, फरार।

abscondence n. अपपलायन, पलायनशीलता, फरारी।

absconder n. अपपलायक, अपगोप्ता, पलायी, भगोड़ा, फरार।

absence n. अनुपस्थिति, गैरहाजिरी; असन्निधि, वियोग, विरह, विछोह; अभाव, कमी; शून्य स्थान, रिक्त स्थान; मनोभ्रम, अमनोयोग, अन्यमनस्कता।

absent[1] n. अनुपस्थित, अविद्यमान, गैरहाजिर; अनवधान, अचेत, भ्रान्त, खोया-खोया।

absent[2] v.t. अनुपस्थित होना या रखना, गैरहाजिर होना या करना।

absentee n. अनुपस्थायी, अनुपस्थित व्यक्ति, अदेशस्थ पुरुष, अन्यत्रवासी;
~ allowance, ~ landlord, ~ landlordism, ~ statement.

absenteeism n. अनुपस्थायिता, अन्यत्रवासिता।

absentminded a. अनवधान, शून्यमनस्क, भ्रान्तचित्त, खोया-खोया।

absentmindedness n. अनवधानता, शून्यमनस्कता, भ्रान्तचित्तता, खोयापन।

absentness n. अनुपस्थिति, अविद्यमानता, अवर्तमानता; मनोभ्रम।

absinth, absinthe nn. कृमिद्रु, चिरायता; कृमिद्रु-आसव, चिरायतेकी शराब।

absinthiated a. कृमिद्रु-युक्त, चिरायतेसे भरा हुआ; कटु, कड़ुआ।

absolute a. प्रकेवल, केवल, परिशुद्ध, परम, पूर्ण, निरपेक्ष; असीम, अबाधित, मुक्त; शुद्ध, अमिश्रित, खालिस; स्वतन्त्र, स्वाधीन; निरंकुश, स्वेच्छाचारी; अप्रचलित; स्वयंभूत, स्वतःचिन्त्य; ~ music शुद्ध या स्वच्छ वाद्य-संगीत; the absolute n. निरपेक्ष विचार वा पदार्थ।

absolutely adv. नितान्त, सर्वथा, परम; स्वतः, स्वयं, अपने-आप; निरपेक्षतः, बिना शर्तके; (बोल०) बिलकुल,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

ऐसा, हाँ, जी हाँ; सर्वथा; वस्तुतः, अन्ततः, फलतः, सम्पूर्णतः, पूर्णतः, निपट, पूरी तरह, बिलकुल।

absoluteness n. निरपेक्षता, परिशुद्धि, निरंकुशता, स्वेच्छाचारिता; असीमता, अबाधिता, ध्रुवत्व, निश्चितता, परिपूर्णता, सम्पूर्णता।

absolution n. अपमोचन, अपमुक्ति, निस्तार, छुटकारा, रिहाई; दोषमुक्ति, पापमोचन, उद्धार, क्षमा, माफी।

absolutism n. (धर्म०) निरपेक्षवाद, परमवाद, मोक्षवाद, (राज० वि०) स्वैरितावाद, निरंकुशशासनवाद, परमशक्तिवाद।

absolutist n. निरपेक्षवादी, परमवादी, मोक्षवादी, स्वैरितावादी, निरंकुशशासनवादी, परमशक्तिवादी।

absolvatory a. अपमोची, निस्तारक।

absolve v.t. अपमोचन करना, दोषमुक्त करना, आमुक्त करना, मुक्ति देना, क्षमा करना, छुटकारा देना, छोड़ देना, बरी करना।

absolved n. अपमुक्त, दोषमुक्त, बरी।

absolver n. अपमोचक, पापमोचक, (दोषसे) निर्मुक्त करनेवाला।

absonant a. विरुद्ध, अयुक्तियुक्त।

absonous a. विरुद्ध; निरर्थक।

absorb v.t. अवशोषण करना, प्रचूषण करना, ग्रसना, निगल जाना; तन्मय करना, आत्मसात् करना, लीन करना, घुला-मिला लेना; शोषित करना, चूसना, सोखना; संविलीन करना, समा लेना, खपा लेना।

absorbability n. अवशोषणीयता, प्रचूषणीयता, समाई।

absorbable a. अवशोष्य, प्रचूषणीय, चूसने योग्य।

absorbed a. अवशोषित, प्रचूषित, चूसा हुआ।

absorbefacient a. & n. अवशोषी, प्रचूषी (ओषधि); (फोड़ेको) घुखानेवाली (ओषधि)।

absorbency n. प्रचूषत्व, प्रचूषिता।

absorbent a. & n. अवशोषक वा प्रचूषक (पदार्थ), शोषणकारी (वस्तु); (n.) ऊर्णा, ऊन ⊙।

absorber n. अवशोषक, प्रचूषक, सोखता।

absorbing[1] n. प्रचूषण, समाई।

absorbing[2] a. अवशोषक, प्रचूषक, शोषक; आकर्षक, मनमोहक, मनोहारी।

absorptance n. प्रचूषिता; ABSORPTION.

absorption n. अवशोषण, प्रचूषण, अन्तर्लयन, संविलयन; निमग्नता, तल्लीनता, तन्मयता, ध्यानमग्नता; धुन, लगन;

~ apparatus, ~ bands, ~ blocks, ~ bulb, ~ circuit, ~ coefficient, ~ current, ~ dynamometer, ~ factor, ~ law, ~ line, ~ mat, ~ pipette, ~ pit, ~ screen, ~ spectrum, ~ system, ~ terrace, ~ tube, ~ type terrace.

absorptive a. अवशोषक, प्रचूषी, चूषणशील, शोषक।

absorptiveness n. अवशोषकता, प्रचूषिता, चूषणशीलता, शोषकता, समाई।

abstain v.i. परिवर्जन, परे रहना, अलग रहना, अपनेको दूर रखना; (स्कूलमें) अनुपस्थित रहना; ~ *from drink* शराबसे दूर रहना, शराब न पीना।

abstainer n. परिवर्जक, पानवर्जक, मद्य-त्यागी, शराब न पीनेवाला।

abstaining[1] n. परिवर्जन।

abstaining[2] a. परिवर्जी, मद्यत्यागी।

abstemious a. संयमी, जितेन्द्रिय, नियमित, मिताहारी, मिताचारी।

abstemiousness n. संयम, जितेन्द्रियता, नियमितता, मिताहारिता, मिताचारिता।

abstention n. =ABSTINENCE; संयमन; निवृत्ति, विरति, विराग; मतदानका अप्रयोग।

abstentious a. यती, संयमशील, यतात्मा।

absterge v.t. अपमार्जन करना, शोधना, पोंछ डालना, साफ कर देना।

abstergent a. & n. अपमार्जक, अपक्षालक, प्रक्षालक, परिष्कारक, स्वच्छकारी, रेचक या मलशोधक (ओषधि)।

abstersion n. अपमार्जन, स्वच्छता, सफाई; रेचन, मलशोधन।

abstersive a. अपमार्जी, =ABSTERGENT.

abstinence, abstinency nn. परिवर्त्तन, भोग-त्याग, भोग-वर्जन, विरति, संयम, इन्द्रियनिग्रह, मिताचार; total ~ मद्य-त्याग, मद्यपान-त्याग।

abstinent a. संयमी, मिताहारी, मिताचारी, संयत, भगत।

abstract[1] n. सार, सत्त्व, भाव, सारांश, संक्षेप, संक्षिप्ति; सूक्ष्मीकरण, अमूर्त्तीकरण; अस्पष्ट शब्द; सार-सूची।

abstract[2] v.t. पृथक् करना, घटाना, निकालना; (किसी वस्तुसे) ध्यान खींचना, (प्रत्यक्षसे अलग) समझना, परोक्षको समझना, अमूर्त्तपर सोचना, भावजगत्में विचरना; संक्षिप्त करना; (वक्रोक्ति) चुराना, छिपा देना।

abstract[3] a. भाववाची; भावमय; परोक्ष, अमूर्त्त, अभौतिक; दुर्ज्ञेय, गूढ़, दुरूह, अव्यक्त, दुर्बोध; आदर्श; निरपेक्ष, केवल, सामान्य, अविशेष, शुद्ध; अव्यावहारिक; संक्षिप्त; कल्पित, असम्बद्ध।

abstracted a. अनवधान, अनेकाग्र, अन्यमनस्क, बेसुध, बेखबर।

abstractedness n. अनवधानता, अनेकाग्रता, अन्यमनस्कता, बेसुधी, बेखबरी।

abstraction n. अपकर्षण, पृथक्करण, विभेद, निःसृति, अलगाव, खिंचाव; हरण, अपहरण, चोरी, चुराना; संसार-निवृत्ति; वाद, कल्पना; सूक्ष्मीकरण, अमूर्त्तीकरण; शून्य-मनस्कता, अन्यमनस्कता, अनवधानता, बेखबरी; ध्यान, मनोयोग, भावमयता, भावमग्नता, भावात्मक वस्तु।

abstractionist n. कल्पनावादी, भाववादी।

abstractive a. अपकर्षी, अपकर्षणशील, भावशील।

abstractness n. अपकर्षण, भावात्मकता; आदर्शात्मकता; [illegible]ता, अमूर्त्तता, मूढता; पृथकीकरण; संक्षिप्तता,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

संक्षेपण ।

abstruse a. दुर्गम, दुरूह, दुर्ज्ञेय, दुर्बोध, जटिल, गूढ़, कठिन, मुश्किल; सूक्ष्म, अव्यक्त ।

abstruseness n. दुर्गमता, दुरूहता, दुर्ज्ञेयता, दुर्बोधता, कठिनाई; दे० ABSTRUSE.

abstrusity n. दुरूहता, गहनता ।

absurd a. असंगत, विसंगत, अनुचित, अयुक्त, अनुपयुक्त; विवेकशून्य; असम्बद्ध; हास्यास्पद, उपहासास्पद; बेढंगा, बेतुका, बेहूदा, लचर, बे सिर-पैरका ।

absurdity n. असंगति, विसंगति, अनौचित्य, अयुक्ति, अनुपयुक्ति, विवेकशून्यता; असम्बद्धता; हास्यास्पदता, उपहासास्पदता; बेढंगापन, बेतुकापन, बेहूदापन ।

abundance n. प्राचुर्य, बैपुल्य, प्रभूतता, आधिक्य, बहुलता, बहुतायत; समृद्धि, सम्पत्ति, माल, दौलत; भावोद्रेग, भावोद्रेक (जैसे, ~ *of the heart*); अगणित जन, असंख्य मनुष्य, अपार भीड़ ।

abundant a. प्रचुर, प्रभूत, पर्याप्त, अतिशय, अधिक, बहुत ज्यादा; सम्पन्न; परिपूर्ण ।

abusable a. दुरुपयोज्य, तिरस्कार्य, अपकथ्य ।

abuse[1] n. दुरुपयोग, कुप्रयोग, कदाचार, कुव्यवहार, दुर्व्यवहार, कुचाल; तिरस्कार; कुप्रथा, बुरा रिवाज; दोष, अपराध; अपशब्द, अपकथन, अपभाषण, गाली, बकवास ।

abuse[2] v.t. दुरुपयोग करना, कुप्रयोग करना; कदाचार करना, कुव्यवहार करना, दुर्व्यवहार करना; अपशब्द कहना, बुरा-भला कहना, गाली देना, गाली-गलौज बकना ।

abuser n. दुरुपयोजक; कदाचारी, दुर्व्यवहारी; दोषी, अपराधी; अपभाषी, गाली देनेवाला ।

abusive a. अश्लील, अपभाषित, गालीसे युक्त; दुरुपयुक्त, दुष्प्रयुक्त ।

abusiveness n. अश्लीलता, अपभाषिता, बकवासीपन, फूहड़पन ।

abut v.i. (-tt-) स्पर्शन, प्रतिस्पर्शन करना, सीमा छूना, मिलना (जैसे, *my land ~s upon yours*) ।

abutment n. स्पर्श, प्रतिस्पर्श; (स्था०) अन्त्याधार, पार्श्वावलम्ब, भारावलम्ब; स्तम्भ, खम्भा, थूनी, पाया; सन्धि, सीमासंयोग, मेल, जोड़ ।

abuttal n. प्रतिसीमा, प्रतिस्पर्शी सीमा, प्रतिस्पर्शी अवस्था ।

abutter n. (कानून) पार्श्वस्वामी ।

abutting a. प्रतिस्पर्शी, मिली हुई, साथ लगा हुआ; संलग्न; आसन्न; अनुबद्ध; संस्पर्शी; अधःस्थ ।

abysm n. (प्रा०) दे० ABYSS.

abysmal a. अतल, अगाध, अथाह ।

abyss n. भूगर्भ, रसातल, पाताल; गह्वर, अगाध गर्त, अथाह खाई, गहरी खोह, गहरा खड्ड; प्राथमिक विप्लव, आदिमकालीन अवस्था; गम्भीरता ।

abyssal a. अगाध, अथाह, गहरा ।

acacia n. कीकर, बबूल; कीकरका गोंद ।

academic[1] n. प्लेटोवादी, अफलातून-मतवादी, शंकाशील, संशयशील ।

academic[2] a. वैहारिक, विहारीय; शैक्षणिक, विद्योचित; साहित्यिक; सैद्धान्तिक; शास्त्रीय, विद्यामूलक, तर्कपूर्ण; विश्वविद्यालयीय, अकादमीका; सिद्धान्तवादी, कट्टर ।

academical a. विद्वत्सभा-सम्बन्धी, विद्यालयसम्बन्धी, अकादमीका; कालेजका (पहनावा, पोशाक) ।

academician, academist nn. विद्वान्, किसी अकादमीका सदस्य, वैहारिक ।

academism n. विहार-रीति, विहारवाद ।

academite n. विहार-छात्र, वैहारिक ।

academy n. (एथेन्स नगरके समीपका) एक बाग (जहाँ प्लेटो पढ़ाते थे); प्लेटोवाद; प्लेटोवादी; विहार, विद्यापीठ, संस्थान; गैर-सरकारी स्कूल ⊙, विद्वत्परिषद्, विद्वन्मण्डल ⊙, अकादमी, एकेडमी; (रॉयल एकेडमीकी) वार्षिक प्रदर्शिनी ।

acajou n. भल्लातक, भिलावाँ; = CASHEW.

acaleph(e) n. मत्स्य विशेष ।

acantha n. शिताग्र, एक झाड़ी ।

acanthaceous a. शिताग्री, कण्टकी ।

acanthoid a. कण्टकाकार, कण्टकित ।

Acanthopterygii n. शल्यपक्ष मछली ।

acanthous a. शल्ययुत, कण्टकी; दे० ACANTHA.

acardia n. हृदयाभाव, हृदयहीनता ।

acardiac a. हृदयहीन ।

Acarida n. वरूथी, कृमिविशेष ।

Acarina n. = ACARIDA.

acatalectic n. (का०) अहीनान्त पद ।

acatalepsia n. निदान-संशय, अनिश्चय ।

acatalepsy n. अज्ञेयता, रहस्यमयता, अनिश्चय ।

acataleptic a. अनिश्चयवादी, अज्ञेयवादी ।

acatharsia n. अशुचिता ।

acaulescent a. हीनाक्ष, तने-रहित ।

acauline a. हीनाक्ष ।

acaulose a. तने-रहित वृक्ष ।

acaulous a. बिना तनेका (वृक्ष) ।

accede v.i. अभिगमन करना, उपगमन करना, सम्मिलित होना, शामिल होना; स्वीकार करना, सहमत होना, मानना, राजी होना; पदारूढ़ होना, कार्यभार लेना; अभिवर्धित होना, जुड़ जाना; प्रवेश करना, पाना, पहुँचना ।

acceding a. प्रवेशी, सम्मेली (जैसे, ~ *state*) ।

accelerant a. & n. त्वरक, वेगवर्धक, गतिवर्धक ।

accelerate v.t. & i. त्वरित करना, गतिवृद्धि करना, चाल तेज करना; वेग बढ़ाना, शीघ्रता करना; गति बढ़ना, त्वरित होना, वेगमय होना, तेज होना, पुरःसर होना, अग्रसर होना, आगे कदम बढ़ाना ।

accelerated a. द्रुत, त्वरित, गतिवर्धित ।

accelerating a. त्वरावर्धक, गतिवर्धक, वेगवर्धक ।

acceleration n. त्वरक, वेगवर्द्धन, गतिवृद्धि, क्षिप्रकारिता, तेजी ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

accelerative, acceleratory aa. त्वरक, त्वरोत्तेजक, त्वराशील।

accelerator n. त्वरक वा गतिवर्धक व्यक्ति वा वस्तु, त्वरकयन्त्र।

accelerograph n. त्वरालिख।

accelerometer n. त्वरणमान, त्वरामापक।

accendible a. दाह्य, जलनशील।

accension n. दाह, दाह्यकरण।

accensor n. दाह-कर्ता, जलानेवाला।

accent[1] n. स्वर, सुर, उच्चारण; ध्वनिचिह्न, स्वरचिह्न, स्वार-चिह्न; व्याख्यान, भाषण, कथन, गुरूच्चारण; स्वराघात, बल, आरोह-अवरोह, उतार-चढ़ाव; (ला०) प्रखरता, तीव्रता; सूक्ष्म भेद।

accent[2] v.t. स्वरांकन करना, स्वरोच्चारण करना, स्वराघातपूर्वक उच्चारण करना; बल देना, स्वराघात-चिह्न लगाना; सुव्यक्त करना, अभिव्यक्त करना; उदात्त करना, ऊँचा करना, उठाना ⊙।

accented a. सस्वर, सस्वार; स्वरांकित, स्वारांकित ⊙।

accentless a. अस्वर, अस्वार, अस्वरांकित, सुर-रहित; अनुदात्त, अनुच्च।

accentor n. सुगायक; गायक पक्षी =WARBLER।

accentual a. स्वरीय, स्वरमय; अक्षरबलीय; ~ prosody, or verse अक्षरबलयुक्त छन्द।

accentuate v.t. =ACCENT[2].

accentuated a. सस्वर, उद्व्यक्त; स्वरवत्।

accentuation n. स्वरांकन, स्वरोच्चारण।

accentuator n. स्वरोच्चारक, उद्व्यंजक।

accept v.t. स्वीकार करना, अंगीकार करना, मानना, मंजूर करना, राजी होना; लेना, सकारना; कृपादृष्टि रखना (*~ the person of*); ग्रहण करना, तर्कसंगत समझना; हुण्डीकी चुकती सकारना।

acceptability, acceptableness nn. स्वीकार्यता, स्वीकरणीयता, प्रतिग्राह्यता, समादेयता; मनोरमता, रुचिरता, मनोरंजकता।

acceptable a. स्वीकार्य, स्वीकरणीय, प्रतिग्राह्य, समादेय; प्रिय, रुचिर, मनोरम, मनोरंजक।

acceptance, acceptancy nn. स्वीकृति, प्रतिग्रहण, ग्रहण, समादेश, अनुमति, मान्यता, मंजूरी; अनुमान; आस्था, प्रतीति, विश्वास; हुण्डीकी स्वीकृति, हुण्डी सकारना; सकारी हुई हुण्डी; *~ of persons* पक्षपात, तरफदारी;
~ credit, ~ house, ~ note, ~ rates, ~ supra protest (or) for honour.

acceptation n. स्वीकार, स्वीकृति, स्वीकरण, ग्रहण, प्रतिग्रहण; सामान्य अभिप्राय, स्वीकृत अर्थ, शब्दाशय।

accepted a. स्वीकृत, प्रतिगृहीत, सकारा हुआ, (जैसे, *~ contract*); मान्य, विश्वस्त (जैसे, *~ principle*)।

accepter, acceptor n. स्वीकर्ता; ग्राही, प्रतिग्राहक, सकारनेवाला।

accepting a. स्वीकारी (जैसे, *~ institution*)।

access n. प्रवेश, गति; अभिगमन, उपागमन, पैठ, पहुँच, गुजर; अभिवृद्धि, अग्रगति, अग्रगमन, पुरागमन; आगम, बढ़ती, बढ़ोतरी; अभिगमन-साधन, उपाय; गम्य पथ, मार्ग; स्थान; आसक्ति, संलग्नता, लगाव; अभिवृद्धि, विकास, बढ़ती; (रोगका) आक्रमण, चढ़ाव; (क्रोधका) स्फोट, आवेश, उद्वेग; (भावका) उद्रेक; ~ hole मोखा।

accessary n. & pred. a. उपसाधन, सहायक, सहकारी, सहयोगी, साथी, सङ्गी; अतिरिक्त, आनुषङ्गिक; युक्त, साथ।

accessibility n. अभिगम्यता, उपागम्यता, प्रवेश-योग्यता, सुगमता, सुलभता प्रभावग्रहणशीलता।

accessible a. अभिगम्य, उपागम्य, प्राप्य, प्रवेश-योग्य, सुगम, सुलभ (जैसे, *~ locality*); प्रभाव्य।

accession n. अभिगमन, उपागमन; सम्मिलन, अधिमिलन, प्रवेश, संविलयन; अभिवृद्धि, अभिवर्द्धना, समायोग, बढ़ती; आरोहण, पदारोहण, सिंहासनारोहण, पद-प्राप्ति; (प्रौढ़ता–)प्राप्ति, (पद–)ग्रहण।

accessorial a. सहायकीय, सङ्गी-सम्बन्धी, साथीका।

accessories n. (pl.) उपसाधन।

accessory n. & a. अतिरिक्त (वा सहायक) वस्तु; सहायक, सहकारी, सहयोगी; उपसाध, उपसाधन; उपसाधक; गौण, अतिरिक्त; संलग्न, सम्बद्ध।

accidence n. (व्याकरणका) प्रत्यय, शब्दरूप, शब्द रूपावली; मूलतत्त्व, प्राथमिक सिद्धान्त।

accidency n. उपपात, आकस्मिकता, अकारणता, दैवयोग।

accident n. आघात, घटना, दुर्घटना, उपपात, अप्रत्याशित घटना; अनिच्छित कार्य; दुर्दैव, दैवयोग, संयोग, दुर्भाग्य, दैवदुर्विपाक; (रचनामें) अनियमितता, अक्रमिकता, क्रमहीनता, बेडौलपन; अकल्पित गुण, उपलक्षण, आनुषंगिक पदार्थ, सहकारी वस्तु; घटनाओंका अदृष्ट क्रम।

accidental a. & n. दैवकृत, दैवयौगिक, दैवघटित, दैवायत्त, आपाती, नैमित्तिक, आकस्मिक, अकारण, औपलक्षणिक; सामयिक, प्रासंगिक; गौण, सहायक; ~ sharps, flats, naturals (संगी०) इकहरी श्रुतियों पर लगाये जानेवाले चिह्न; ~ colours (प्रकाश०) अनुवर्ण, अनुरंग, अनुभूतिगत रंग; ~ lights or ~s आकस्मिक वा कृत्रिम प्रकाश।

accidentalism n. अकारणवाद; आपातित्व, आकस्मिकत्व।

accidentally adv. दैवात्, विधिवशात्, दैवयोगसे, संयोगसे, अप्रत्याशित रूपसे; अकस्मात्, आकस्मिक रूपसे, काकतालीय न्यायसे, एकाएक, अचानक, अनजाने ही, अनिच्छासे।

accipitral a. श्येनीय, श्येनवत्, बाज-सा।

accipitrine a. श्येन सदृश, श्येनीय, बाज का।

accite v.t. उकसाना = EXCITE.

acclaim[1] n. जयध्वनि, जयघोषणा, जय-जयकार,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

धन्य-धन्य, हर्षध्वनि, प्रशंसोद्गार, शाबाशी ।

acclaim[2] v.t. जयध्वनि करना, जयघोष करना, जय-जयकार करना, धन्य-धन्य करना, हर्षध्वनि करना, तालियाँ पीटना; अभिनन्दन करना, स्वागत करना, स्तुति करना ।

acclaimer, acclamator nn. समाभिनन्दक, स्तोता ।

acclamation n. अभिनन्दन, अनुमोदन, समर्थन; समभिनन्दन, जय-जयकार, जयघोष; प्रशंसा, स्तुति, शाबाशी ।

acclimate[1] ⊙ = ACCLIMATIZE.

acclimate[2] v.t. वायुजलानुकूलन करना ।

acclimated ⊙ a. = ACCLIMATIZED.

acclimation ⊙ n. = ACCLIMATIZATION.

acclimatization n. वायुजलानुकूलन, जलवायु-अभ्यास ।

acclimatize v.t. & i. (पशु, वनस्पति और स्वयंको) नयी जलवायुके अनुकूल करना; (क्वचित्) किसी जलवायुसे अभ्यस्त होना, (इस प्रकार) अनुकूल हो जाना ।

acclimatized a. वायुजलानुकूलित, जलवायुसे अभ्यस्त ।

acclivitous a. = ACCLIVOUS.

acclivity n. ऊर्ध्वगामी पार्श्व देश, चढ़ान, चढ़ाव, उँचान, पहाड़की ऊपरी चढ़ाई ।

acclivous a. उत्प्रवणी, ढलवाँ ।

accolade n. उपहार, जयप्रतीक; आलिंगन, चुम्बन; (कन्धोंपर तलवारकी चौड़ाईसे) थपथपाहट; (संगी०) खूँटी, चूड़ी, बाजेकी जोड़ ।

accolent a. प्रतिवेशी, पड़ोसी ।

accommodate v.t. योग्य बनाना, व्यवस्था करना, उपयुक्त बनाना, अनुकूल करना, अनुरूप बनाना, एकरस बनाना, माफिक करना; उपयोजित करना; संवादन करना, मतभेद दूर करना, शान्त करना, कलह दूर करना, मेल-मिलाप करना; वास देना, स्थान देना, ठौर देना, ठहराना; संस्कार करना; व्यवस्था कर देना; एकत्र करना, सँजोना; सज्जित करना; आभारी बनाना, उपकृत करना; कृपा करना, कृपादृष्टि करना ।

accommodating a. सरल, नम्र, कोमल, सीधा-सादा, लचीला, मान लेनेवाला, दब जानेवाला; शालीन, कृपालु, मिलनसार ।

accommodation n. संधान, अनुकूलन, व्यवस्थापन; उपयोजन, प्रतियोजन; तादात्म्य, सन्धि, मेल, समझौता; गुंजायश; सुविधा, सहूलियत; उपयोगी वस्तु; स्थान, निवास, वास, ठौर; विनोद, आतिथ्य, मनोरंजन; ऋण, उधार; सहयोगी-वर्ग; (जहाजके ऊपरी हिस्सेके लिए) सीढ़ी, तागड़; कर्मान्त;

~ acceptance, ~ allotment, ~ bill, ~ charges, ~ draft, ~ endorsement, ~ endorser, ~ facilities, ~ group, ~ ladder, ~ note, ~ paper, ~ statement, ~ train, ~ works, ~ train ⊙ सब स्टेशनोंपर रुकनेवाली ट्रेन ।

accommodative a. अनुकूलन करनेवाला; व्यवस्थाकारी; अनुग्रहकारी; स्थान (गुंजायश) देनेवाला ।

accommodator n. व्यवस्थापक, अनुकूलक ।

accompanied a. संलग्न, साथका ।

accompanier n. सहचारी, साथी ।

accompaniment n. उपकरण, सहायक, सहवस्तुएँ; संगति, साथ; आनुषंगिक पदार्थ; (संगी०) उपवादन, उपवाद्य, सहध्वनि, स्वरसंगति ।

accompany v.t. सहचरण करना, सहगमन करना; संयोग करना, जोड़ना; सम्मिलित होना, शामिल होना; साथ होना, साथ देना, साथ-साथ घटित होना; (संगी०) स्वरसंगत करना, सुर मिलाना, साथ देना ।

accompanying a. सहगामी, सहवर्ती, संलग्न, साथका ।

accompan(y)ist n. सहगायक, सहवादक, उपवादक, सुर मिलानेवाला ।

accomplice n. अभिषंगी, संगी, सहकारी, साथी, साझी; दुरसहाय, पापसहाय, सहापराधी ।

accomplish v.t. करना, निष्पन्न करना, निष्पादन करना, सम्पारण करना, संसाधन करना, परिपूरण करना, सम्पूर्ण करना, समाप्त करना, समापन करना, साध लेना; गुणयुक्त होना, पूर्ण बनना, दक्ष होना, प्रवीण होना ।

accomplishable a. साध्य, सम्पाद्य, करणीय ।

accomplished a. निष्पन्न, निष्पादित; गुणी, गुणान्वित, प्रवीण, पारंगत ।

accomplisher n. निष्पादक, सम्पारक, निष्पन्न करनेवाला, पूरा करनेवाला ।

accomplishment n. निष्पादन, सम्पारण, परिपूर्ति, समाप्ति, समापन, इतिश्री; सिद्धि, निष्पत्ति, करनी, कमाई; शिष्टता, शिष्टाचार, सभ्याचार, शालीनता, गुण; कौशल्य, प्रावीण्य, पारंगतता; मिथ्या योग्यता, कृत्रिम प्रवीणता, बाह्य विशेषता ।

accompt n. (प्रा०) हिसाब, लेखा ।

accomptant n. (प्रा०) हिसाब करनेवाला, लेखा-कर्त्ता ।

accord[1] n. संयति, एकमनरकता, ऐक्य, ऐकमत्य, मतैक्य, एकचित्तता, एका, मेल, आपसका राजीनामा, *(with one ~)*; अभिसन्धि, सन्धिसमरसता; संवाद, स्वरैक्य, सामंजस्य, ताल-मेल; यदृच्छा, स्वेच्छा, *(of one's own ~)*; अभिसंविदा ।

accord[2] v.t. & i. संवादन होना, अनुरूप होना, एकमत होना, संगतिमें रहना, मिलना; संदान करना, प्रदान करना, देना; एकरस होना, सुर मिलाना; सजना, फबना; मानना, हामी भरना ।

accordance, accordancy n. = ACCORD; *in ~ with* के अनुरूप, के अनुसार ।

accordant a. अनुवर्ती, अनुसारी; समरस, संमत, सुसंगत; एकसुर, सामंजस्यपूर्ण, मिला हुआ; अनुकूल, अनुसार, अनुरूप, समान ।

according adv. अनुवर्ती, अनुसारी, सुसंगत; *~ as* जिस भाँति, जैसे कि, जिस प्रकार, जिस तरह; मानो;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ *to* के अनुरूप, के अनुसार ।

accordingly adv. तदनुसार, तदनुकूल, तदनुरूप, अनुरूपेण, यथा, तदनुगुण; फलतः, परिणामतः; अतः, अतएव, अस्तु, इसलिए; ~ *as* मानों, जिस भाँति, जैसा कि ।

accordion n. (एक प्रकारका) वलिवाद्य, अरगन बाजा ।

accordionist n. वलिवादक, आरगन बजानेवाला ।

accost[1] n. सम्प्रभाषण, सम्बोधन; अभिनन्दन, अभिवादन, नमस्कार ।

accost[2] v.t. सम्प्रभाषण करना, सम्बोधित करना; बातचीत करना; अभ्यर्थना करना, अभिनन्दन करना, अभिवादन करना; टोकना; पास जाना ।

accostable a. अभिवादनीय, अभिनन्द्य, उपगम्य, उपागम्य ।

accosted a. सम्बोधित, अभिवादित ।

accouchement n. प्रसूति, बालकोत्पत्ति ।

accoucheur(er) n. प्रसावक, प्रसूति वैद्य ।

accoucheuse n. प्रसाविका ।

account*[1] n. गणन, गणना, गिनती, गिनती करना; लेखा*, खाता, हिसाब-किताब; व्याख्या; लाभ; अनुमान, हेतु, निमित्त, कारण; हेतुनिर्देश, हेतुकथन; वर्णन, विवृति, वृत्त, वृत्तान्त, उल्लेख, बयान, रिपोर्ट; अर्हा, अर्थ, महत्त्व; current ~ चल लेखा, चालू खाता; cash ~ रोकड़बही; great ~ प्रलयकाल, हिसाबका दिन; loss ~ हानि-लेखा, बट्टा; profit ~ लाभ-लेखा, मुनाफेका खाता; *A in ~ with B.* लेन-देन रखना, हिसाब रखना; *ask, demand an ~* लेखा माँगना, हिसाब माँगना (पूछना); *bring, call, to ~* खबर लेना; *find one's ~ in* लाभ उठाना; *for ~ of* की ओरसे; *give a good ~ of* (विरोधीको) हराना, खेल जीतना; *give ~ of* स्पष्ट करना, कारण खोजना; *go to one's (long)~* मरना; *keep ~s* लेखा-जोखा रखना; *lay one's ~ with* किसीके लेखेमें सम्मिलित करना; आशा रखना, भरोसा रखना; *on ~* अन्तरिम भुगतानके रूपमें; *on ~ of* के कारण; *on no ~* कदापि नहीं, किसी भाँति नहीं, बिल्कुल नहीं *on one's ~* सेवार्थ, सेवाके लिए; *on this (that) ~* इस (उस) कारण, इस (उस) भरोसे; *take into ~* विचारना, ध्यान रखना;

~ board, ~ book, ~ clerk, ~ closed, ~ code, ~ days, ~ current, ~ debts, ~ due, ~ duty, ~ entry, ~ forms, ~ heads, ~-holder, ~-keeping, ~ matters, ~-number, ~ office, ~ officer, ~ payee (only), ~ procedure, ~ records, ~ register, ~ relations, ~ render(ed), ~ rules; ~s adjustment, ~ book (sales), ~s branch, ~s clerk, ~s examination, ~s foil, A~s Member, A~s Officer, ~s payable (ledger), ~s procedure, ~s receivable (ledger), ~s section, ~ staff, ~ stated, ~ year.

account*[2] v.t. गिनना, लेखा जोड़ना*, हिसाब लगाना; जानना, मानना; उत्तरदायी होना, जिम्मेदार होना; स्पष्ट करना, कारण बताना; कारण होना; आखेट खेलना; ~ *for* लेखा देना, हिसाब समझना; कारण बताना; उत्तरदायी होना ।

accountable a. लेखादेय, स्पष्टव्य ।

accountableness, accountability nn. वर्णनीयता, उल्लेखनीयता; स्पष्टव्यता, उत्तरदायित्व; हिसाबकी जिम्मेदारी, लेखादेयता ।

accountancy n. लेखाकर्म, गणना-शास्त्र, लेखाविधि, लेखाशास्त्र, लेखाकर्म, संख्यान, मुनीमी, हिसाब-किताब, एकाउण्टेन्सी ।

accountant n. लेखादायी, हिसाब-किताब रखनेवाला; गणक, गाणनिक; आंकिक, लेखापाल, लेखाकार, लेखाकर्मी, संख्यानक, मुनीम, एकाउण्टेण्ट ।

accountantship n. गणक पद, गाणनिक पद, लेखपालका पद ।

accounting n. लेखांकन, लेखा करना; लेखाकला, लेखा-पद्धति, लेखापालन; समाधान ।

accoutre v.t. सज्जित करना, सँवारना, सजाना, बनाव-ठनाव करना, लिबास पहनाना ।

accoutrements n. (pl.) प्रसाधन, सज्जा, साज, साज-सामान, सिंगारके सामान; (सेनामें अन्न-वस्त्रोंके अतिरिक्त) सैनिक सामग्री ।

accredit v.t. स्वीकार करना, मानना; अधिकृत करना; मान्यता दिलाना, श्रेय देना या दिलाना, विश्वास करना; अधिकार देना, अधिकार-पत्रके साथ भेजना; सम्बन्ध जोड़ना ।

accredited a. अभिज्ञात, प्रतीत; अधिकृत, मान्य, अधिकार-प्राप्त (जैसे, ~ *representative*) ।

accrescence n. वृद्धि, संवृद्धि, बढ़ती; वर्द्धनशीलता ।

accrescent a. वर्धमान, वर्धनशील, वृद्धिशील, बढ़ता हुआ ।

accrete[1] v.t. & i. (समान वस्तुओंका) एकत्र करना, जोड़ना; साथ-साथ उगना, जुड़वाँ उगना ।

accrete[2] a. (वन०) संरूढ़, संवर्द्धित; संयुक्त, मिला हुआ, जुड़वाँ ।

accretion n. उपचय, संवृद्धि, संविकास, सहविकास; संघटन, एक हो जाना; (क़ानून) अभिवृद्धि, उत्तराधिकार-वृद्धि ।

accretionary, accretive aa. संवर्धी, संवृद्धिशील, संवर्धनकारी, साथ-साथ उगने वा उगानेवाला ।

accrual[1] n. =ACCRUEMENT.

accrual[2] a. प्रोद्भूत, उपार्जित, प्राप्त ।

accrue v.i. प्रोद्भूत होना, उद्भूत होना, निकलना, पैदा होना; उपार्जन करना, उपार्जित होना; (विकास, लाभ, इत्या०) प्राप्त होना; उठना, बढ़ना; देय होना ।

accrued a. सूत, उद्भूत, निकला; प्राप्त, अर्जित, उपलब्ध ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

accruement a. प्रोद्भूति, उद्भति, निकास; उपार्जना, उपचय।
accruing n. प्रोद्भावी, निकासी; उद्भावी; परिपक्व।
accubation n. नमन, झुकाव।
accumbency n. टिकाव।
accumbent a. अवनत, प्रतिवलित, झुका।
accumulable a. संचेय, एकत्र करने योग्य।
accumulate[1] v.t. संचित करना, संकलित करना, जमा होना वा करना, संग्रह करना, कमाना, बटोरना, समेटना, ढेर लगाना।
accumulate[2], **accumulated** aa. संचित, संकलित, एकत्र, इकट्ठा।
accumulation n. संचय, संचयन, एकत्रीकरण; संग्रह, निक्षेप, राशि, इकट्ठा, ढेर, अंबार; बढ़ोतरी।
accumulative a. संचित, पुंजीभूत, राशिमय, राशीभूत, इकट्ठा; संचयी, संचयशील, (रुपयों पैसोंका) जोड़ू।
accumulator n. संचायक, संचयकर्त्ता, जोड़ू, संचयिता, संचेता।
accuracy, accurateness nn. शुद्धता, विशुद्धता, सत्यता, यथार्थता, सचाई।
accurate a. परिशुद्ध, सत्य, ठीक, सही, खरा।
accurse, v.t. शाप देना, शापित करना।
accursed, accurst aa. शप्त, अभिशप्त; शापित, पतित, संकटग्रस्त; घृणित, घिनौना; अभागा।
accusable a. अभियोज्य, दोषारोप्य, दूष्य।
accusal n. = ACCUSATION.
accusant n. अभियोजक, दोषारोपक।
accusation n. अभियोजन, दोषारोपण; आरोप, अभियुक्ति, अभियोग, इलजाम; *a clear conscience fears no* ~ कर नहीं तो डर क्या, साँचको आँच क्या।
accusatival a. कर्मकारक विषयक।
accusative a. & n. आरोपक, आरोप लगानेवाला; ~ case कर्म (-कारक)।
accusatorial a. अभियोजकीय, दोषारोपकीय।
accusatory a. आरोपपूर्ण, अभियोगात्मक।
accuse v.t. अभियोग लगाना, आरोप लगाना, दोष लगाना, अपराधी बताना, इलजाम लगाना; कलंक लगाना।
accused n. (pp. भी) अभियुक्त, अपराधी; प्रतिवादी।
accuser n. अभियोक्ता, दोषारोपक, वादी, अभियोग (इलजाम) लगानेवाला व्यक्ति।
accusive a. अभियोगी, अभियोगपूर्ण।
accustom v.t. स्वभाव पड़ना, अभ्यस्त होना, आदी बनना।
accustomed a. अभ्यस्त, आदी; परिचित।
ace n. एक; (ताश या पासेका) एक्का, एक चिह्न; न्यूनतम बालकी मोटाई; सर्वश्रेष्ठ।
acedia n. मन्दता; जड़ता।
Aceldama n. रक्तपात-क्षेत्र; संहार-दृश्य।
acentric a. अकेन्द्र, अकेन्द्रीय।
acephal a. अशिर, बेसिरा; (जीवविज्ञान, वनस्पतिविज्ञान तथा विद्युच्छास्त्रके शब्दोंका मूलशब्द)।
acephalous a. अशिर, शिरोहीन, बेसिरा; नेतृत्वरहित।
acerbate v.t. तिक्त बनाना, तीता वा खट्टा करना।
acerbic a. खट्टा।
acerbity n. तिक्तता, तिताई, तीखापन, खटास, खट्टापन।
acerose a. तुषीय, तुषाभ; छिलकेदार, भूसीदार।
acervate a. समूहित, प्रगुच्छित, गुच्छेदार।
acescence n. शुक्तत्व, सिरकाई।
acetarious a. शुक्तयुक्त, सिरकेदार; (सलाद वा रायतेमें प्रयुक्त साग)।
acetated a. शौक्तिक, सिरकेवाला।
acetic a. शौक्तिक, सिरकेका।
acetification n. शुक्तीकरण, चुक्रकरण; सिरका बनानेका कार्य।
acetify v.t. & i. सिरका बनाना वा होना, खट्टा करना वा होना।
acetometry n. शुक्तमिति।
acetose a. शुक्तमय; खट्टा।
acetous a. शुक्तीय, सिरके के गुणसे युक्त; अम्लीय, खट्टा, तीखा।
acetylene n. शुक्ती गैस, रंगहीन गैस; ~ acid, ~ alcohol, ~ black, ~ blue, ~ burner, ~ di-bromide, ~ di-chloride, ~ formation, ~ gas (burner), ~ generator, ~ linkage, ~ pure blue, ~ series, ~ sky blue, ~ welder, ~ welding.
ache[1] n. शूल, वेदना, पीड़ा, कसक, हूक।
ache[2] v.i. शूल होना, वेदना होना, पीड़ा होना, कसक उठना, हूक उठना; पीड़ा करना।
achievable a. निष्पाद्य, पूर्ण करने योग्य, उपार्ज्य, प्राप्तव्य, पाने योग्य, पहुँचने योग्य।
achieve v.t. निष्पादित करना, सम्पन्न करना; समाप्त करना; पूरा करना; उपार्जन करना, प्राप्त करना, पाना; (लक्ष्यपर) पहुँचना, सफल होना।
achievement n. निष्पत्ति, पूर्ति, प्राप्ति, सिद्धि; निष्पादन; उपलब्ध वस्तु, सिद्धवस्तु।
achilles tendon n. (पिंडुलीके मांसल भागके अन्त वा जोड़का निर्माण करनेवाला) पेशीबन्ध।
achilous a. ओष्ठ-रहित।
acholia n. पित्ताभाव।
achromatic a. (प्रकाश०) अवर्णक, वर्णहीन, निर्वर्ण, बेरंग।
achromaticity n. अवर्णकता, निर्वर्णता, बेरंगी।
achromatise v.t. वर्णहीन करना, बेरंग करना।
achromatism n. अवर्णत्व, बेरंगापन; निर्वर्णता, अरंज्यता।
achromatopsy n. सर्ववर्णान्धता।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

acicula n. सूचिकाशंख, एक झाड़ी ।
acicular a. सूच्याकार, सूचीवत्, सूचीरूप, नोकदार, पतला, सुईकी शक्लका ।
aciculate, aciculated aa. दे० ACICULAR.
aciculiform a. सूचीरूप, सूच्याकार, सुई जैसा ।
acid[1] n. (रसा०) अम्ल, तेजाब; खट्टा पदार्थ; अम्ल-परीक्षा, तीखी वा कड़ी परीक्षा ।
acid[2] v.t. अम्लन करना, तिक्त करना ।
acid[3] a. अम्ल, खट्टा, चरपरा; तीखा, कड़ा; (रसा०) अम्लीय, तेजाबी;
~ action, ~ albumin, ~ alizarin, ~ amaranth, ~ black, ~ blast, ~ blower, ~ blow, ~ blue-black, ~ boiler, ~ brilliant green, ~ brilliant orange, ~ brilliant red, ~ brilliant violet, ~ bronze, ~ brown, ~ burner, ~ carbonate, ~ cardinal, ~ carmine, ~ cell, ~ centrifugal pump, ~ chloride, ~ chrome, ~ claret, ~ colour, ~ concentrator, ~ crimson, ~ curd, ~ dark green, ~ dipper, ~ dish, ~ drink, ~ dye, ~ dyspepsia, ~ fast, ~ fast bacillus, ~ fast bacteria, ~ fastness, ~ fast scarlet, ~ fast stain, ~-fast violet, ~ forming, ~ funnel, ~ gas, ~ gloss, ~ golden brown, ~ green, ~ green bluish, ~ halite, ~ honey, ~ humus, ~ jug, ~ kiln, ~ lime, ~ maroon, ~ measure, ~ milling, ~ number, ~ oil, ~ orange, ~ phosphate, ~ process, ~ proof, ~ prune, ~ purifier, ~ purple, ~ radical, ~ reaction, ~ red, ~ reserve, ~ resistant, ~ rocks, ~ salt, ~ sap, ~ scarlet, ~ sludge, ~ soil, ~ steel, ~ sulphate, ~ sulphite, ~ syphon, ~ taste, ~ test, ~ tide, ~ trap, ~ tray, ~ treat, ~ value, ~ violet, ~ wood, ~ worker, ~ works, ~ yellow.
acidic a. (रसा०) अम्लीय, अम्लिक, आम्ल, तेजाबी ।
acidifiable a. अम्लीय करने योग्य, खट्टा करने योग्य ।
acidific a. अम्लकर ।
acidification n. अम्लीकरण, तेजाब बनाना ।
acidifier n. अम्लक, खट्टा करनेवाला ।
acidify v.t. & i. (रसा०) अम्लन करना, आम्लिक करना, खट्टा करना या होना, तेजाबमें बदल देना ।
acidimeter n. अम्लमापक, अम्लशक्ति-मापक यन्त्र ।
acidimetry n. अम्लमिति ।
acidity n. अम्लता, खट्टापन, खटाई, खटास ।
acidness n. अम्लता, खट्टापन; तीक्ष्णता, तीखापन ।
acidosis n. अम्लरुजा, तेजाबी रोग ।
acidulate v.t. स्तोकाम्ल, करना, अम्लकाय करना ।
acidulated v.t. अम्लकायित करना, खट्टा बनाना; थोड़ा-सा खट्टा करना ।
acidulent a. ईषदम्ल, खट्टा-सा ।
acidulous a. स्तोकाम्ल, अम्लीय, अम्लवत्, कुछ-कुछ खट्टा ।
acierage n. तीक्ष्णन, नोकदार करना ।
aciform a. सुच्याकार, सुई-सा ।
acinaceous a. रसभरीके समान ।
acinaciform a. कृपाणरूप, तलवार-सा ।
acinarious a. रसभरीके समान ।
aciniform a. रसभरी-सा ।
acinus n. बेरी, रसभरी; गुच्छेदार गिल्टी ।
ack-ack n. वायुयान-तोड़ तोप, हवामार ।
acknowledge v.t. अभिस्वीकार करना, स्वीकार करना, अंगीकार करना, हामी भरना, हाँ करना; मानना, समझना, मान्यता देना; ज्ञापित करना; प्राप्तिस्वीकार करना, रसीद देना, पहुँच लिखना; (सेवाके लिए) पुरस्कार देना ।
acknowledgeable a. स्वीकार्य, स्वीकृत्यर्थ, ज्ञाप्य ।
acknowledged a. अभिस्वीकृत; ज्ञापित; स्वीकृत, स्वीकार किया हुआ, जाना हुआ; स्वीकृतिप्राप्त ।
acknowledgement, –gment n. आभार-स्वीकृति, अभिस्वीकृति, स्वीकार, मान्यता, हामी, मंजूरी; सम्मान; प्राप्ति-सूचना, पावती, पहुँच, रसीद; प्रतिपत्ति, प्रत्युपकार; acknowledgement due प्राप्य-स्वीकृति, प्राप्याभिस्वीकृति, पहुँचपावनी ।
acknowledger n. स्वीकर्ता ।
aclinic a. अप्रवणिक, बिना डुबाव; n. रेखा, अक्ष ।
acme n. चरमोत्कर्ष, पराकाष्ठा, परिपूर्णता, शिखर; ~ covers (जिल्द०) दन्तीपुट्ठा, एक्मे कवर ।
acne n. फुन्सी, मुँहासा, मुँहासेका रोग ।
acock adv. (टोपीके सम्बन्धमें) टेढ़ी करके, तिरछी रखकर, बाँकपनसे, ऐंठ वा अकड़के साथ ।
acology n. चिकित्सा-विज्ञान ।
acolyte, acolyth n. (गिरजेका) छोटा अधिकारी; सहायक; अनुचर, अरदली, सेवक; अनभ्यस्त व्यक्ति, नवसिखिया ।
acondylose a. (वन०) बेजोड़ ।
aconite n. वत्सनाभ, बच्छनाग, वत्सनाभका पौधा वा रस; विष ।
aconitic a. वत्सनाभमय, विषैला ।
aconitine n. बच्छनागका विष ।
acopic a. श्रमहारी, श्रान्ति-नाशक, थकावट दूर करनेवाला ।
acoria n. विभुक्षा, असहनीय भूख ।
acorn n. बंजुफल, ओक वा शहतूतका फल वा बीज; ~ shell बालदार घोंघा ।
acorned a. बंजुवृक्षपूर्ण, ओकवाला ।
acosmism n. जगदभिन्नत्ववादी ।
acotyledonous a. गोलाकार; अंकुररहित ।
acoumetry n. श्रुति-यन्त्र, श्रुतिमापक ।
acoustic, acoustical aa. श्रवण–, श्रवणेन्द्रिय-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

विषयक, श्रुतिविषयक, ध्वनि–, ध्वनि-सम्बन्धी ।

acoustician n. ध्वनिक, ध्वनिवेत्ता, ध्वनिशास्त्री, श्रुतिज्ञानी ।

acoustics n. ध्वनिकी, श्रुतिविज्ञान, नादविद्या, ध्वनि-शास्त्र; (कमरेका) ध्वनिगुण ।

acquaint v.t. परिचय देना, परिचित करना; ज्ञापित करना, अवगत होना या करना, जानकारी प्राप्त करना वा कराना; सूचना देना, सूचित करना वा होना, जताना ।

acquaintance n. परिचय, मुलाकात, जान-पहचान; परिचित वा मुलाकाती आदमी ।

acquaintanceship n. परिचय, निकटता, जान-पहचान, मुलाकात ।

acquainted a. परिचित; सूचित, अवगत, ज्ञात ⊙ ।

acquest n. प्राप्ति, उपलब्धि, अर्जित सम्पत्ति, उपलब्ध वस्तु ।

acquiesce v.i. सन्तुष्ट रहना, चुप रह जाना, सम्मति देना; चुपचाप स्वीकार कर लेना, राजी होना, मान ही लेना; ~ *in* सहमत होना, सम्मति देना, मानना ।

acquiescement, acquiescence nn. मौन सम्मति, सन्तोष, मौन स्वीकार, मौन स्वीकृति, (चुपचाप) सहमति, रजामन्दी ।

acquiescent a. मौन-सहमत, सन्तुष्ट, राजी, चुपचाप मान लेनेवाला ।

acquirability n. उपार्जन-शक्ति, उपार्जनीयता, प्राप्तव्यता ।

acquirable a. उपार्जनीय, प्राप्य ।

acquire v. t. अभिग्रहण करना, अवाप्त करना, प्राप्त करना (जैसे, *to ~ citizenship*), अवाप्त करना, उपार्जन करना, कमाना, हस्तगत करना, पाना (जैसे, *to ~ property*) ।

acquired a. अभिगृहीत, उपार्जित, अर्जित (जैसे, *~ character*); (कानून) अवाप्त, यत्नजन्य ।

acquirement n. अभिग्रहण, अवाप्ति, अर्जन, (प्रगल्भता, प्रतिभा वा गुणका) उपार्जन, अर्जित ज्ञान, उपार्जित विद्या ।

acquirer n. उपार्जक, अवाप्ता, अर्जयिता ।

acquisible a. उपार्ज्य, अवाप्य, उपलभ्य ।

acquisition n. अभिग्रहण, अवाप्ति, प्राप्ति, उपलब्धि, लाभ, अर्जन, उपार्जन, अधिगति; अर्जित गुण वा पदार्थ, लब्ध वस्तु, कमाई ।

acquisitive a. अवापी, उपार्जनशील, अर्जनेच्छु, प्रपित्सु, लिप्सु, पानेको इच्छुक; उपार्जन-क्षम, अवापन-क्षम, पाने योग्य ।

acquisitiveness n. अवेप्सुता, गृध्नुता, उपार्जनकी इच्छा, अर्थ-लालसा, लिप्सा ।

acquit v.t. (**-tt-**) अभिमुक्त करना, दोषमुक्त करना, निरपराध ठहराना, बरी करना, रिहा करना; ऋण चुकाना, कर्ज अदा करना; कर्तव्य पूरा कर लेना, दायित्व निभाना; ~ *oneself* कार्य सम्पादन करना, अपना काम करना, निर्वहण करना, निभाना ।

acquitment (अप्रचलित) = ACQUITTAL.

acquittal n. अपराध-मुक्ति, दोषमोचन, अभिमुक्ति, छुटकारा, रिहाई ।

acquittance n. निस्तार, निस्तारण, चुकौती, ऋण-मुक्ति, ऋणमोचन, ऋणमुक्तान, छुटकारा, बेबाकी (जैसे, *~ register*); पहुँच, पहुँच भरपाई, रसीद; कर्तव्यपालन, निर्वाह; ~roll वेतनका रजिस्टर, चिट्ठा ।

acquitted a. अभिमुक्त, छूटा ।

acre n. एकड़, भूमिका माप –४८४० वर्ग गज; *God's ~* मरघट, कब्रिस्तान ।

acreable a. कृष्य (प्रति एकड़) ।

acreage n. क्षेत्रफल (एकड़ोंमें), एकड़ोंकी कुल संख्या; एकड़वार कर, लगान प्रति एकड़ ।

acred a. कृष्युपयुक्त, जुती हुई ।

acrid a. उत्तेजक, उग्र; प्रतिक्त, तीक्ष्ण, तीखा, चरपरा, तीव्रप्रकृति, तेज-तबियत ।

acridian n. उग्रिण्य, मकड़ी ।

acridity n. प्रतिक्तता, तीक्ष्णता, तीखापन, चरपरापन; उग्रता, झल्लाहट ।

acridness n. ACRIDITY; तीखापन, चरपराहट ।

acrimonious a. तीव्र, तीक्ष्ण, उग्र, तीखा, तेज, चिड़चिड़ा, रूखा (वाक्य अथवा स्वभाव) ।

acrimoniousness n. प्रकृतिकी रूक्षता या रुखाई ।

acrimony n. (स्वभावकी) उग्रता, तीखापन, चिड़-चिड़ापन, रुखाई ।

acroatic a. अनन्त, अतल, अगाध, अथाह ।

acrobat n. नट, बाजीगर, कलाबाज; राजनीतिज्ञ, तार्किक, विवादी ।

acrobatic a. नटीय, नट-सम्बन्धी, कलाबाजीका ।

acrobatism n. नटत्व, नटपना, कलाबाजी ।

acrocarpous a. अग्रफलीय, ऊँचे फलवाला ।

acrocephalic a. उच्चशीर्ष, ऊँची खोपड़ीवाला ।

acrogenous a. अग्रयोनिक, चोटीपर उगनेवाला ।

acromania n. असाध्य पागलपन ।

acronyc(h)al a. रात्रिमुखी, रात्रिकालिक, रात्रिमें होनेवाला ।

acropetal a. (वन०) उग्रपत्री, उन्मुख, ऊर्ध्वगामी ।

acrophobia n. उच्छ्रायभय; ऊँचे स्थानसे डरना ।

acropolis n. गढ़, दुर्ग वा नगरका उच्च भाग ।

acroscopic a. अग्राभिमुख ।

acrospire n. पोया, अंकुर ।

across* adv. & prep. पार, आरपार*, बेड़ा (जैसे, *a line drawn ~ the road*) सम्मुख, सामने (जैसे, *to come ~* सामना होना, मुठभेड़ होना), दूसरी ओर, उसपार, उस तरफ; *put it ~ a person*, (ग्राम्य) लादना, धोखा देना; क्रास या क्रूस जैसा, सलीब या टिकठीके आकारका, आड़ा-बेड़ा (जैसे, *with arm ~*) ।

acrostic n. बावन अक्षरी ।

acroterium n. बेल बूटे युक्त कोण ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

act*[1] v.t. & i. *करना, कार्य करना, कार्य सम्पादन करना, काम करना, व्यवहार करना, कर्तव्य निभाना, (जैसे, ~ *generously*, ~ *as interpreter*, ~ *up to a principle*) सिद्धान्तका निर्वाह करना; *अभिनय करना, वेष बनाना, स्वांग भरना, नाटक खेलना; अनुकरण करना, छद्म वेष धारण करना (जैसे, ~ *Othello*, ~ *the fool*)।

act[2] n. कृत्य, कर्म, कार्य, काम, काज, कृत, क्रिया, कार्यावस्था (जैसे, ~ *of faith*, *contribution*); कार्य करनेकी प्रक्रिया, कार्यवाही, आचरण (जैसे, *in the very* ~ *of*); (नाटकका) अंक; अधिनियम, एक्ट; (विश्वविद्यालयमें उच्च उपाधिके लिए तैयार किया गया) थीसिस; ~ of God भागवान्‌की माया, भाग्यका फेर; ~ *of the* Apostles धर्मप्रचारक वा देवदूतके कर्म, न्यूटेस्टामेण्ट (बाइबिल) की पुस्तक; ~ & deed अवश्य पालनीय कानूनी अधिकार-पत्र (विशे० *I deliver this as my* ~ *& deed* हस्ताक्षर करते समय)।

actable a. अनुष्ठेय, व्यवहार्य, करणीय, कर्तव्य।

actinal = ORAL मुख-; मौखिक।

acting n. & a. कार्यकारी, कार्य करना; अभिनय करना; विशे० कार्यकारी, स्थानापन्न; अस्थायी रूपसे कर्तव्य पालन करनेवाला (जैसे, ~ *chairman* कार्यकारी सभापति); ~ *in good faith* सद्भावसे कार्य करते हुए; ~ copy अभिनय-निर्देश।

actinic[1] a. क्रियाशील (किरण)।

actinic[2] a. सूर्यरश्मि-सम्बन्धि।

actiniform a. एजातु-युत।

actinism[1] n. किरणीय क्रियाशीलता।

actinism[2] n. सूर्य रश्मियोंका रासायनिक गुण।

actinograph n. किरण-यन्त्र, किरण-चित्र।

actinology n. किरण-शास्त्र।

actinometer n. किरणमापक।

actinomycosis n. किरण-रोग।

actino-therapy n. किरण-चिकित्सा।

action[1] n. कार्य, कर्म, क्रिया, कृत्य, काम, (जैसे, *men of* ~); (नाटकमें) घटनाक्रम, अभिनयकी मुद्रा या भाव (जैसे, ~ *of a player*); प्यानो या किसी यन्त्रकी रचना, पुर्जाबन्दी; सेनाओंकी मुठभेड़, युद्ध, लड़ाई, (~ *front* ! तोपखाना चलानेका आदेश); कार्यवाही, वाद, अभियोग, दावा, नालिश; शक्तिका प्रयोग, कार्यपरिणति, काममें लाना (जैसे, *put in* ~ कार्यान्वित करना); प्रभाव, असर (जैसे, ~ *of an acid*); कृति, व्यापार;

~ noun, ~ pattern, ~ song, ~ time.

action[2] v.t. दावा करना, किसीके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करना, मुकद्दमा चलाना; ~ committee कार्य-समिति।

actionable a. व्यवहार्य, करणीय; वादयोग्य, अभियोज्य, कानूनी कार्यवाही करने योग्य, दावा चलाये जाने योग्य; सचेष्ट।

actional a. कर्मयुत, क्रियामय, (~ song सचेष्ट गीत)।

activate v.t. कार्योन्मुख करना, क्रियाशील बनाना, सक्रिय बनाना, फुर्तीला करना, स्फूर्ति देना, प्रेरित करना, चेतन करना, तेजी लाना; activated sludge गैससे भरी हुई मोरी जिसमें वायुजीवी द्रुमाणु हों।

activation n. कर्मण्यन, प्रेरण, प्रेरणा।

activator n. कर्मण्यक, कर्मण्यकारी, विवर्धक, क्रियावर्धक, प्रेरक।

active a. कर्मण्य, क्रियाशील, सक्रिय, क्रियायुत, कर्मठ, कामकाजी; फुर्तीला, परिश्रमी, उद्योगी, तेज, चुस्त, मेहनती; जागरूक, चेतन, प्रभावशील, द्रुत; (व्या०) ~ voice कर्तृवाच्य; ~ army स्थायी सेना; ~ class रणसेवक वर्ग।

activeness n. कर्मण्यता, क्रियाशीलता, कामकाजीपन, फुर्तीलापन, स्फूर्ति, क्रियायुक्तता।

activism n. कर्मण्यतावाद।

activist n. कर्मण्यतावादी।

activities n. ACTIVITY, क्रियाएँ।

activity n. स्फूर्ति, फुर्ती, क्रियाशीलता, कर्मण्यता, कर्मठता, सक्रियता, श्रम, परिश्रम, मेहनत; (ब० व०) कार्यकलाप, कार्यकारिता, कार्यक्षेत्र, हलचल।

actor n. अभिनेता, नट, ऐक्टर, नाटकका पात्र; (कभी-कभी) कर्त्ता, करनेवाला; वादी, पालक, प्रबन्धक; ~ -manager, ~ proof।

actress n. अभिनेत्री, तारिका, नटी, नाटककी स्त्रीपात्र।

actual[1] a. यथाभूत, वास्तविक, यथार्थ, सत्य, सच्चा, सही, ठीक-ठीक; प्रकृत; विद्यमान, वर्तमान, प्रचलित, चालू, मौजूद।

actual[2] n. वास्तव, अर्थ, वास्तविक प्राप्ति।

actualism n. कर्मण्यजगद्वाद, वस्तुवाद, यथार्थवादिता।

actuality n. यथार्थता, सत्यता, वास्तविकता, सचाई; प्रत्यक्ष, प्रत्यक्षवाद, (ब० व०) विद्यमान (प्रत्यक्ष) परिस्थितियाँ, वर्तमान अवस्थाएँ, मौजूदा हालात।

actualization n. वास्तविकीकरण।

actualize v.t. सत्यान्वित करना, कार्यान्वित करना, यथार्थ करना, सच कर दिखाना, वास्तविक ढंगके वर्णन करना, जान डाल देना।

actually adv. वस्तुतः, सचमुच, यथार्थमें।

actuarial a. जीवनांककीय, बीमाके हिसाबका, बलर्क-सम्बन्धी, (जैसे, *insurance* ~)।

actuary n. जीवनांकक, दिविर; बीमांकक; प्रबन्धक; निबन्धक, धर्म-प्रमाणक।

actuate v.t. प्रणोदित करना, प्रवृत्त करना, उत्तेजित करना, उकसाना, उभाड़ना, राह देना, सक्रिय बनाना; (किसी यन्त्रादिको) संचालित करना, गति देना, चलाना।

actuated a. चालित, प्रवृत्त, प्रेरित (जैसे, ~ *by conscientious motives*)।

actuation n. क्रियाशीलता, गतिमान अवस्था, उत्तेजना, संचालन, प्रेरणा, उकसाव।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: MoE-IKS

actuator n. प्रेरक, कार्यान्वित करनेवाला।
acuity n. (सुईका) नुकीलापन; (तेजाबका) तीखापन; (बीमारीकी) तेजी; (बुद्धिकी) तीक्ष्णता, तीव्रता, पैनापन, चुभन।
Aculeata n. दंशी जीव, डंकदार कीड़े।
aculeate a. (जी० वि०) दंशी, डंकदार, डंकवाला; (वन० वि०) कण्टकित, कँटीला, काँटेदार; तीक्ष्णाग्र, तीव्र, पैना, नुकीला, काटनेवाला, छेदनेवाला।
aculeated a. नोकीला, डंकदार; तीक्ष्ण, तीखे स्वादका।
aculeiform a. कंटकाकार।
aculeus n. अधिस्तर कंटक, डंक, काँटा।
acumen n. विदग्धता, प्रगल्भता, कुशाग्रता, मतिसूक्ष्मता, विचक्षणता, तीक्ष्णता, पाण्डित्य, कुशाग्र बुद्धि, सूक्ष्म दृष्टि।
acuminate[1] a. तीक्ष्णाग्र, सशिख, नोकदार।
acuminate[2] v.t. तीक्ष्ण बनाना, तेज करना, नुकीला करना, नोक निकालना, धार बनाना, पैना करना, तीखा करना।
acumination n. तीक्ष्णता, तीव्रता, पैनापन, नुकीलापन; नुकीला सिरा या किनारा।
acuminous a. कुशाग्रबुद्धि, पैनी बुद्धिवाला।
acupuncturation n. = ACUPUNCTURE (शल्य०)।
acupuncture n. (शल्य०) सूचिवेध।
acushla n. प्रिय, प्रियतम, प्यारा, प्रिया, प्रेयसि, प्यारी।
acute a. तीक्ष्ण, पैना, धारदार, नुकीला, विकट, नितान्त, उग्र, तेज; अत्यधिक, उच्च, कर्कश (ध्वनि); न्यून (समकोण), सूक्ष्म स्वराघातवाला (वर्ण)।
acuteness n. तीव्रता, तीक्ष्णता, कुशाग्रता, कर्कशता, उग्रता, तीखापन, पैनापन, तेजी,।
acutifoliate a. नोकीला, नोकदार पत्तेवाला।
adactyl a. अंगुलि-रहित।
adage n. उक्ति, कथन, सूक्ति, प्रवचन, सूत्र, कहावत।
adagio adv. & n. & a. (संगी०) धीरे-धीरे, शनैः-शनैः, मद्धिम; मंदताल, मंद; विलम्ब, विलम्बित लयमें। ~ movement मंद संचरण, मंदगति।
Adam[1] n. बाबा आदम, आदि पुरुष, मनु।
Adam[2] a. (१८वीं शतीमें रॉबर्ट एडम और जेम्स एडम नामक भाइयोंकी) अलंकृत शैलीमें।
adamant n. वज्र, दुर्भेद्य वस्तु, कड़ा पत्थर, (पूर्व अर्थ) चुम्बक पत्थर; हीरक, हीरा; *to be* ~ निष्ठुर होना, निर्दय होना, कड़ा होना, हठ करना, डट जाना।
adamantean a. वज्रमय, अभेद्य, बहुत कड़ा।
adamantine a. वज्रमय, दुर्भेद्य, कठोर, कड़ा, सख्त।
adamic a. मानवी, आदमका।
Adamitism n. नागा पन्थ; मानवी धर्म।
adapt v.t. अनुकूल करना, अनुयुक्त करना, माफिक बनाना, ढालना; रूपानुकूल करना (जैसे, *plays ~ed from the French*); (एक वस्तुको दूसरी वस्तुमें) बिठाना, लगाना, जमाना, ठीक करना, एक मेलका करना, मिलाना।
adaptability n. अनुयोज्यता, अनुकूलता, ढल जानेकी योग्यता, लोच।
adaptable a. अनुयोज्य, जमाने योग्य, बैठाने योग्य; अनुकूलनीय, रूपान्तरणीय, बदलनेवाला; ढलनेवाला।
adaptation n. अनुयोजन, रूपानुकूलता, अनुकूलन, मेल।
adapter, adaptor nn. अनुकूलक, उपयोजक, मेली।
adaptive a. अनुकूली, बदलनेवाला, ढलनेवाला।
adays adv. आज-कल, इन दिनों।
add v.t. & i. मिलना, जुड़ना, बढ़ना; जोड़ना, मिलाना, जमा करना, बढ़ाना, योग करना (जैसे, *~ insult to injury; this ~s to our difficulties; to ~ in* सम्मिलित करना या मिलाना; *to ~ up* या *together* जमा करना या जोड़ना)।
addable n. योज्य, जोड़ने योग्य।
addax n. अद्दक, उत्तरी अफ्रीका और अरबका मुड़ी हुई सींगोंवाला एक प्रकारका बड़ा बारहसिंगा।
added a. युक्त, जोड़ा हुआ।
addendum n. (बहु० *addenda*) परिशिष्ट, अनुशिष्ट, योग, जोड़, संलग्न या अतिरिक्त वस्तु, जोड़ी जानेवाली वस्तु, ततिम्मा।
adder n. जोड़नेवाला; गेहुँअन, छोटा विषैला साँप; यह कई तरहका होता है (जैसे, Death A~ मारक सर्प; Horned A~ शृंगी सर्प; Puff A~ फुंकारमार; Flying A~ एक तरहकी बड़ी मक्खी)।
adder-pike n. छोटी मछली, काँटेदार छोटी मछली।
Adder's-tongue n. अहिजिह्व, एक घास।
addibility n. योगकरणीयता, जमा होनेकी क्षमता।
addible a. संकलन योग्य, जमा करने योग्य।
addict[1] n. मदिरा-सेवी, व्यसनी, नशेई (जैसे, *opium ~*)।
addict[2] v.t. आसक्त होना, लिप्त होना या करना, व्यसन बनाना, अभ्यस्त करना, आदी होना या बनाना, लत डालना, लगाना।
addicted a. लिप्त, आसक्त, विषयग्रस्त, अभ्यस्त, आदी (जैसे, *he is ~ed to drinking*).
addiction n. आसक्ति, व्यसन, लत, आदत।
adding n. संकलन, जोड़ना (जैसे, *~ machine* संकलन-यन्त्र)।
Addison's disease n. रक्तहीनता, कमजोरी और त्वचाके रंग-परिवर्तनकी एक बीमारी।
addition* n. संकलन, परिवर्धन, योग, धन*, जोड़, जमा, अधिक, और, साथ ही साथ; (*in ~ to*) इसके अतिरिक्त; आधिक्य, जोड़ी हुई वस्तु (*a useful ~*).
additional a. अनुपूरक, अतिरिक्त; अधिक, समधिक, अपर, और।
additionally adv. अधिकतया, अतिरिक्त रूपमें।
additive a. संकाली, जुड़वाँ।
addle[1] a. सड़ा, ऊसर, बाँझ, खाली, भ्रष्ट, गन्दा, रद्दी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(जैसे, ~ *egg* गन्दा अण्डा, ऐसा अण्डा जिससे बच्चे नहीं पैदा होते); अनुपयोगी, रिक्त, खाली, व्यर्थ (जैसे, ~ *head*)।

addle[2] v.t. & i. जड़ बनना या बनाना, मूढ़ होना, नासमझ होना; बौखला उठना; सन्देहमें पड़ना, घबड़ाना, आकुल होना; अण्डोंको सड़ाना, सड़ना, गन्दे करना या गन्दा हो जाना।

addled a. द्विविधा ग्रस्त, आकुल, व्याकुल, बौखलाया हुआ, परेशान, ऊलजलूल; सड़ा हुआ या गन्दा (अण्डा), भ्रष्ट।

addle-headed a. मूर्ख, पागल, बुद्धिहीन।

addlement n. सड़ाहट, गन्दगी।

addle-pated a. बुद्धिहीन।

addle-plot a. षड्यन्त्र, नाशकारी।

address[1] n. अभिवास, पता, सिरनामा; अभिभाषण, व्याख्यान, सम्भाषण; सम्बोधन; अभिनन्दनपत्र, मानपत्र, समावेदन; शिष्ट प्रस्ताव (जैसे, *pay one's ~ to*); पूर्व-राग, (विवाहके पूर्व) प्रणय-निवेदन, प्रेम-प्रार्थना, कोर्टशिप; चतुराई, दक्षता, निपुणता, होशियारी; ढंग, आचार-व्यवहार, वार्तालाप-शैली; जहाजका चालान; ~ adrema equipment पतालेखी एड्रीमा उपकरण, पतालेखी मशीन।

address[2] v.t. सम्बोधित करना, पता लिखना; व्याख्यान देना, भाषण देना; कार्यलीन होना, ध्यान लगाना, काममें लगना; (गॉल्फमें) निशाना लगाना; ~ *oneself to* किसीको लिखना या कहना, सम्बोधित करना, निवेदन करना।

addressed a. सम्बोधित, पतेवाला।

addressee n. प्रेषी, पतेवाला, पानेवाला, सिरनामादार।

addresser n. पत्र भेजनेवाला, निवेदन करनेवाला।

addressograph n. अभिवासलिख, पतालेखी मशीन।

adduce v.t. प्रस्तुत करना, उपस्थित करना, उद्धृत करना, निष्कर्ष निकालना, निर्देश करना, सामने या आगे लाना।

adduceable, adducible aa. उद्धरणीय, उदाहरणीय, उदाहरण देने योग्य।

adducent a. मिलानेवाला।

adduct v.t. (शरीर०) एक ही केन्द्रकी ओर खींचना।

adduction n. (प्रमाण) आनयन, प्रकर्षण, प्रस्तुतीकरण, उपस्थित करनेका कार्य, निर्देशन; एक ही केन्द्रकी ओर खिंचाव, संव्यूहन, अन्तर्नयन, केन्द्रनयन।

adductive a. प्रकर्षी, आगे बढ़ानेवाला।

adductor n. अन्तर्नायक, आनायक, केन्द्रनेता, प्रकर्षक, बीचमें खींचनेवाला।

adeem v.t. (कानून) वसीयतनामेको रद्द करना।

ademption n. वसीयतनामाके अनुसार बँटवारा, प्रतिसहरण।

adenalgia n. ग्रंथिशोथ, गिल्टियोंका दर्द।

adeniform a. ग्रन्थ्याकार, गिल्टी जैसा।

adenitis n. ग्रन्थिकोप, गिल्टियोंकी सूजन।

adenography n. ग्रन्थि-विज्ञान।

adenoid a. ग्रसनीवातास, गलेकी-गिल्टी।

adenoids n. pl. टॉंटुआकी सूजन, गलेकी गिल्टी।

adenology n. शारीरिक ग्रन्थि-विज्ञान।

adenose a. ग्रन्थिल, गिल्टीवाला।

adenotomy n. ग्रसनी-शल्य, ग्रन्थि काटना।

adeps n. पशु-मज्जा; शूकर-वसा।

adept n. & a. सिद्धहस्त, निपुण, प्रवीण, दक्ष, कुशल, कारीगर; चतुर रासायनिक।

adequacy, adequateness nn. पर्याप्तता, यथेष्टता, प्राचुर्य।

adequate a. उपयुक्त, यथोचित, यथेष्ट, समुचित, अपेक्षित; पर्याप्त, प्रचुर, प्रभूत, काफी।

adespota n. अमान्य कृति, अलेखक रचना।

adfected a. समीकृत, संचित, समन्वित।

adhere v. i. अनुसरण करना, पालन करना (जैसे, ~ *to a rule too rigidly*); लग जाना, दृढ़ रहना, जुड़ जाना, चिपकना, (पदार्थ व्यक्ति, दल, मत) पर स्थिर रहना, जमे रहना, डटे रहना।

adherence n. आसक्ति, अनुरक्ति, भक्ति, पक्षपात, समर्थन, लगाव, चिपकाव।

adherency n. दृढ़ता; भक्ति, स्थिरता।

adherent a. & n. समर्थक, सहायक, पक्षपाती, अनुगामी (दल आदिका); संसक्त, लगा हुआ, जुड़नेवाला, चिमटा हुआ; के कारण; सम्बन्धित।

adherer n. अनुचर, सेवक।

adhesion n. आसंजन, अभिलाग, संसक्ति, संलग्नता, बन्ध; (शा० और लाक्ष०) आसक्ति, चिपकाव, लगाव; समर्थन, हिमायत; मेल या जोड़।

adhesive a. आसंजक, (रसा०) संलग्नशील, चिपकनेवाला; चिपचिपा, चेपदार, लेसदार, लिबलिबा।

adhesiveness n. चिपचिपाहट, लसलसाहट।

adhibit v.t. रखना, धरना, प्रयोग करना, जोड़ना, गाड़ना।

ad hoc तदर्थ, एतदर्थ (जैसे, ~ *advisory committee* तदर्थ मंत्रणा समिति), इसीके लिए।

adiabatic a. समोप, अतापभेदी, गर्मी रोकनेवाला।

adiantum n. काला बालछड़, हंसपदी।

adiaphoresis n. कम पसीना आना।

adiaphorism n. सहिष्णुता वा उदारता, धार्मिक समानता।

adiaphorous a. धर्मसाम्ययुक्त, सम, समतापूर्ण।

adieu int. & n. (विदाईकी) नमस्ते, नमस्कार, प्रणाम, जै रामजी की; *make, take one's* ~ (जाते समय) नमस्ते या नमस्कार या प्रणाम करना, विदा करना या होना।

adipescent a. स्थूल, मोटा।

adipic a. वसिक, चर्बीका।

adipocer n. शव सिक्थ, मुरदाकी चर्बी।

adipocerous a. शवसिक्थ-सम्बन्धी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

adipose[1] n. चर्बी, वसा।
adipose[2] a. चर्बीला, चर्बीदार, वसामय, पुष्ट।
adiposity n. चर्बीलापन, चिकनाई, पुष्टता।
adipsia n. प्यासका अभाव।
adit n. प्रवेश, पहुँच, पैठ; रास्ता।
adjacency n. आसन्नत्व, निकटता, समीपता, संलग्नता, पड़ोस।
adjacent a. पार्श्ववर्ती, समीपवर्ती, समीपस्थ, आसन्न, सन्निकट, निकटवर्ती, संलग्न, पासका, बगलवाला।
adject v.t. जोड़ना, मिलाना।
adjectival a. विशेषण-, विशेषणात्मक, विशेषण-सम्बन्धी, गुणवाचक।
adjective a. & n. अवलम्बी, आश्रयभूत, आश्रित, अधीन (जैसे, ~ *colours*); law ~ प्रक्रिया, कार्यविधि, अधिनियमका अतिरिक्त भाग; (व्या०) ~ अथवा noun ~ विशेषण, गुणवाचक शब्द।
adjoin v.t. मिला हुआ होना, जुटा होना, पासमें ही होना, आसन्न या संलग्न होना; संलग्न करना, मिलाना, संयुक्त करना, समीप लाना, पास लाना, मेल करना, जोड़ना।
adjoining a. संलग्न, लगा हुआ, जुड़ा या मिला हुआ।
adjourn v.t. & i. स्थगित करना, उठा देना, टल जाना।
adjourned a. स्थगित, ~ *sine die* अनियत तिथिके लिए स्थगित।
adjournment n. कार्यस्थगन, कालदान, स्थगनकाल; ~ application स्थगनार्थ आवेदनपत्र।
adjudge v.t. न्यायतः प्रदान करना; दण्डित करना; दण्ड देना, सजा देना; निर्णीत करना, ठहराना; (किसी विषयपर) निर्णय देना, मत देना, समझना।
adjudgement, –gment n. निर्णय, निर्णय-प्रदान, न्याय।
adjudicate v.t. & i. निर्णय करना, न्याय देना, फैसला सुनाना, निपटारा करना।
adjudication n. निर्णय, न्याय, फैसला, निपटारा।
adjudicative a. निर्णयात्मक, न्यायालय-सम्बन्धी, अदालती।
adjudicator n. अधिनिर्णायक, न्यायाधीश, निर्णयकर्त्ता, निर्णेता।
adjunct n. अवलम्बित, आश्रित, अधीन वस्तु; अनुलग्न, संयुक्त पदार्थ, जुड़ी हुई वस्तु; (व्या०) उद्देश्य आदिका विस्तृत वर्णन, विस्तार; उप-, सहायक (प्रायः उपाधि रूपमें प्रयुक्त जैसे, ~ *professor*) ⊙।
adjunction n. शपथोक्ति, हलफ।
adjunctive a. अनुयोजक, जोड़नेवाला।
adjuration n. अभ्यर्थना, अनुरोध, निवेदन, प्रार्थना, विनती; सशपथ कथन; शपथ, सौगन्द, कसम।
adjuratory a. शपथपत्र-सम्बन्धी, हलफनामेका।
adjure v.t. अनुरोध करना, आग्रह-पूर्वक निवेदन करना, प्रार्थना करना, विनती करना; शपथ, शाप अथवा भयके साथ आज्ञा देना या कहना।
adjust v.t. समंजन करना, समायोजन करना; अनुकूल बनाना; व्यवस्थित करना, सँवारना, ठीक करना, जमाना।
adjustable a. समंजनीय, व्यवस्थाप्य, समायोज्य।
adjustage n. टोंटी, फव्वारे की नली।
adjusted a. समंजित, व्यवस्थापित, समायोजित।
adjuster n. व्यवस्थापक, समंजक।
adjustment* *n.* समंजन*, अनुकूलन, अनुकूलता, समायोजन, समन्वय, व्यवस्था, मेल।
adjutage, aj- n. टोंटी, मुँह।
adjutancy n. सेनानायकके सहकारीका पद।
adjutant a. &. n. सहायक, सहकारी; (सेना०) अजूटां, अजीटन, सहायक चमूपति; गरुड़, खगेश; A~ General महासहायक।
adjuvant a. &. n. सहायी, गुणवर्धक (वस्तु)।
adlegation n. अभिप्रेषण; धर्माधिकार।
admeasure v.t. विभाजित करना, भाग लगाना, ठीक बँटवारा करना, हिस्सा तय करना।
admeasurement n. विभाजन, बँटवारा; माप, नाप-तौल, लम्बाई-चौड़ाई।
adminicle n. सहायता, मदद; उपलेख; (कानून) पोषक प्रमाण, समर्थक साक्ष्य, शहादत।
adminicular a. साक्ष्यमय, शहादती; सहायक।
adminiculate v.t. & i. पूरक साक्ष्य देना।
administer v.t. &. i. व्यवस्था करना, प्रबन्ध करना, बन्दोबस्त करना; शपथ दिलाना, सौगन्द उठवाना; प्रदान करना, देना; दवा देना या खिलाना; (अकर्मक) प्रशासन करना, शासन करना, व्यवहार करना; सुख सुविधाएँ देना, सुख पहुँचाना।
administered a. प्रशासित।
administrable a. प्रशासनीय, प्रबन्धनीय, प्रबन्ध करने योग्य, देने योग्य।
administrant n. प्रशासी, प्रबन्धी; दायी।
administrate v.t. प्रशासन करना।
administrate ⊙ =ADMINISTER.
administrating ⊙ n. व्यवस्थापन, प्रबन्ध, बन्दोबस्त।
administration n. व्यवस्था, प्रबन्ध, प्रशासन, शासन, सरकार; शपथ दिलाना; औषध-प्रयोग; न्याय इत्यादिकी व्यवस्था;
~ action, ~ bond, ~ branch, ~ charges, ~ circular, ~ order, ~ report, ~ suit.
administrative a. प्रशासनी, प्रशासनीय, प्रशासकीय, प्रशासन-सम्बन्धी, प्रावन्धिक।
administrator n. प्रबन्धक, प्रबन्धकर्ता, प्रशासक, व्यवस्थापक, प्रयोगकर्ता या दाता; A~ General महा-प्रबन्धक।
administratorship n. प्रबन्धकपद, प्रशासकीयपद; शासकत्व, प्रशासकत्व, प्रबन्धकत्व।
administratrix n. (बहु० *administrices*)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj: Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

प्रशासिका, प्रबन्धिका, प्रबन्धकर्त्री ।

admirable a. श्लाघनीय, प्रशंसनीय, सराहनीय, अद्भुत, आश्चर्यजनक, अपूर्व, अत्युत्तम, श्रेष्ठ ।

admiral n. नौबलाध्यक्ष, नौसेनानायक, जलसेनापति, नावाधिपति, एडमिरल (जैसे, *A~ of the fleet, Vice-~, Rear-~*); ध्वजपोत; Red ~, White ~ तितलीकी दो यूरोपीय जातियाँ ।

admiralship n. जलसेनानायकत्व, जलसेनाध्यक्षका पद ।

admiralty n. नावाधिपति-पद; नावाधिपतिक्षेत्र; जल-परिवहन, नावाधिकरण, नौकाधिकरण, नौवाहन-विभाग; नाविक-न्यायालय; (विशे० *the price of ~; Court of A~*); ~ action (or cause), A~ Court, ~ division, ~ jurisdiction, ~ law.

admiration n. श्लाघा, प्रशंसा, सराहना, विख्याति; (पूर्व अर्थ) अचम्भा, आश्चर्य, विस्मय; note of ~ प्रशंसा अथवा विस्मयका स्वर; the ~ of प्रशंसित ।

admirative a. प्रशंसनीय; प्रशंसापूर्ण ।

admire v.t. समादर करना, प्रशंसा करना, सराहना, मुग्ध होना, लट्टू होना; (बोल०) गुण बखानना; (पूर्व अर्थ) विस्मित होना, आश्चर्य प्रकट करना, अचम्भा करना ।

admired a. अतिप्रशंसित, विख्यात ।

admirer n. प्रशंसक, सराहनेवाला; प्रेमी, अनुरागी, प्रणयी ।

admissibility n. प्रवेश्यता; अनुमन्यता, स्वीकार्यता, स्वीकरणीयता, ग्राह्यता, प्रामाणिकता, मान्यता, योग्यता ।

admissible a. प्रवेश्य; स्वीकार्य, अनुमन्य, स्वीकरणीय, ग्राह्य, अंगीकार योग्य, मान्य, मानने योग्य, प्रामाणिक ।

admission n. प्रवेश, प्रवेशन, पहुँच, पैठ, दाखला; स्वीकृति, अंगीकार, अनुमति;
~ endorsement, ~ fee, ~ pass, ~ register, ~ test, ~ ticket.

admissive a. स्वीकारी, स्वीकार करनेको उत्सुक, माननेको तत्पर ।

admissory a. प्रवेशविषयक; आज्ञाकर्ता ।

admit v.t. & i. **(-tt-)** प्रवेश करना या कराना, प्रविष्ट करना, जाने देना, आज्ञा देना; मानना, स्वीकार करना, अंगीकार करना, कबूलना, वैध समझना; स्थान होना, गुँजायश रखना ।

admittable a. प्रवेश्य, प्रतिग्राह्य, मानने योग्य ।

admittance n. प्रवेशाज्ञा, प्रवेशानुमति, प्रवेशन, अंगीकरण, दाखला ।

admitted[1] a. प्रतिगृहीत, स्वीकृत; प्रवेशित, प्रविष्ट, दाखिल ।

admitted[2] ⊙ a. आहूत (जैसे, *~ to the Bar = (Eng.) called to the Bar*) ।

admix v.t. & i. मिश्रण करना, मिश्रित होना, घोल देना, घुल जाना, मिलना, मिलाना ।

admixture n. संमिश्रण, मिश्रण, मिलावट, घोल ।

admonish v.t. भर्त्सना करना, धिक्कारना, झिड़कना; कर्तव्य समझाना; परामर्श देना, सलाह देना; उद्बोधित करना, चेतावनी देना, चेताना, चौकन्ना करना, होशियार करना, जताना; सूचित करना, खबर देना, पुनःस्मरण कराना, याद दिलाना, ध्यान दिलाना ।

admonisher n. =ADMONITOR; उपदेशक ।

admonishment n. भर्त्सना; उद्बोधन, चेतावनी, सीख; परामर्श, सलाह ।

admonition n. भर्त्सना; धिक्कार; तिरस्कार, अवमानना, निन्दा, झिड़की; उद्बोधन, चेतावनी, बोध, शिक्षा, सीख, सिखावन, तम्बीह ।

admonitor n. भर्त्सक, शिक्षक या सिखानेवाला; उद्बोधक, चेतावनी देनेवाला ।

admonitory a. चेतावनी-पूर्ण, भर्त्सनायुक्त, चेतावनी-युक्त, बोधपूर्ण, तिरस्कारयुक्त ।

adnascent a. वर्द्धी, बढ़ता हुआ ।

adnate a. अभिलग्न, साथ-साथ बढ़नेवाला ।

adnation n. अभिलग्नता, सहवृद्धि ।

adnoun n. संज्ञा-सहायक, विशेषण ।

ado n. उपद्रव, झमेला, गड़बड़, खलबली, बखेड़ा (*much ~ about nothing*); व्यापार, कार्य, काम; अरहरकी टट्टी; गुजराती ताला ।

adobe n. कच्ची ईंट; इन ईंटोंका बना हुआ मकान; (~ clay के भी अर्थमें) घास मिला हुआ गारा ।

adolescence, -ncy n. कैशोर्य, तारुण्य, वयःप्राप्ति, उठती जवानी ।

adolescent n. & a. (पुरुष) वर्धमान, यौवनोन्मुख, तरुण, किशोर (१४ से २५ वर्षका), नवयुवकः (स्त्री) किशोरी (१२ से २१ वर्षकी), नवयुवती ।

Adonis n. एडोनिस, कामदेव; छैला, रसिया, कन्हैया ।

adonize v.t. & i. एडोनिसका अभिनय करना; शृंगार करना, सजाना, बनना-ठनना, रँगीला बनना ।

adopt v.t. ग्रहण करना, धारण करना, प्राप्त करना, अपनाना; दत्तक लेना, गोद लेना, बेटा मानना; पसन्द करना, चुनना ।

adoptability n. दत्तकादेयता, गोद लिये जानेकी योग्यता; ग्रहणीयता ।

adoptable a. दत्तकादेय, ग्रहणीय, अपनाने योग्य ।

adopted a. अभिस्वीकृत, गृहीत; दत्तक गृहीत ।

adoption n. अभिस्वीकरण, अंगीकरण; दत्तकादान, दत्तक-ग्रहण; स्वीकृति, ग्रहण ।

adoptionism n. अभिस्वीकरणवाद, स्वीकारवादिता ।

adoptive a. दत्तक, गोद लिया हुआ, पोष्य, ले-पालक, ग्रहण किया हुआ (जैसे, *~ father, ~ son*); ग्रहण करने योग्य, गोद लेने योग्य ।

adorable a. पूजनीय, पूज्य, आराध्य, श्रद्धेय, अर्चनीय, सम्माननीय ।

adoral a. (शा०) मुखसमीपस्थ; अभिमुख, मुँहकी ओर ।

adoration n. आराधना, उपासना, अर्चना, पूजा ।

adore v.t. आराधना करना, उपासना करना, अर्चना करना, पूजा करना; (का०) देवताकी भाँति पूजा करना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri Funding by MoE

अर्चना करना।

adorer n. आराधक, उपासक, पुजारी; भक्त, प्रशंसक, प्रेमी, चाहनेवाला।

adorn v.t. अभिभूषित करना, अलंकृत करना, शृंगार (सिंगार) करना, गहनोंसे सजाना; सुशोभित करना, सँवारना।

adorning n. अलंकरण, आभूषण, शृंगार।

adornment n. अलंकरण, शृंगार, सजावट, बनावठनाव, सिंगार।

adosculation n. गर्भाधान, बीज पड़ना।

adown adv. & prep. =DOWN (प्रा०, का०) नीचे, नीचेकी ओर।

adread a. भयभीत, डरा-डरा सा।

adrenal a. (शा०) उपवृक्क, उपवृक्क्य; गुर्देका।

adrift adv. भाग्याधीन; बेठिकाने, आवारा; इधर-उधर बहते हुए, भटकते हुए, डाँवाडोल; अस्थिर; (नौवि०) असहाय, बहता हुआ, खुला, ढीला, भटकता हुआ, उतराता हुआ।

adroit a. निपुण, प्रवीण, पटु, कुशल, चतुर, होशियार, पत्तेबाज, चालाक।

adroitness n. निपुणता, पटुता, कौशल, कुशलता, दक्षता, होशियारी, चालाकी, पत्तेबाजी, चतुराई।

adry a. & adv. शुष्क, सूखा, प्यासा।

adscititious a. जोड़ा हुआ; स्वीकृत, माना हुआ।

adscript a. & n. अभिलग्न व्यक्ति, भूलग्न सेवक।

adscriptive a. अभिलग्नी, जुड़नेवाला।

adsorption n. अभिलग्नता, जुड़ाई।

adstriction n. अभिलग्नता; कोष्ठबद्धता।

adulate v.t. झूठी प्रशंसा करना, चाटुकारी करना, चापलूसी करना, खुशामद करना।

adulation n. चाटूक्ति, चाटुकारी, लल्लो-चप्पो, खुशामद, चिकनी चुपड़ी बातें।

adulator n. मिथ्याप्रशंसक, चाटुकार, चापलूस, खुशामदी।

adulatory a. चाटूक्तिपूर्ण, खुशामद भरा।

adult a. & n. =ADOLESCENT, वयस्क, प्रौढ़, बालिग, सयाना।

adulterant a. & n. हीनमिश्रक, अपमिश्रक, अपद्रव्य, मिलौनी, मिलावट, खोट।

adulterate[1] a. अपमिश्रित, वर्णसंकर, दूषित, विकृत, दोगला, हरामी; अशुद्ध, भ्रष्ट, कृत्रिम, कूट, खोटा।

adulterate[2] v.t. अपमिश्रण करना, भ्रष्ट करना, अपमिश्रित करना, वर्णसंकर करना, दूषित करना, बिगाड़ना, खोट डालना।

adulteration n. वर्णसंकरता, अपमिश्रण, मिलावट, खोट।

adulterator n. अपमिश्रक, दूषित करनेवाला, खोट डालनेवाला; जार।

adulterer n. व्यभिचारी, परस्त्रीगामी, दुराचारी।

adulteress n. परपुरुष-गामिनी, पापाचारिणी, कुलटा, छिनाल।

adulterine a. वर्णसंकर, व्यभिचारजात, जारज, दोगला, हरामी; अपमिश्रित, भ्रष्ट, कूट, खोटा।

adulterous a. व्यभिचारी, कुमार्गी, दुराचारी, पापाचारी, जार।

adultery n. व्यभिचार, परस्त्रीगमन, संभोग।

adultness n. प्रौढ़ता, वयस्कता।

adumbral a. छायायुक्त, छतनार, छायादार।

adumbrant a. छायारूपता, अस्पष्टता।

adumbrate v.t. रूपरेखा देना, खाका खींचना, छायांकित करना; प्रतिबिम्बित करना, प्रतिरूप दिखलाना, झलक दिखाना, परछाईं डालना; छादित करना, छा जाना, ढक लेना, छिपा लेना।

adumbration n. रूपरेखा, खाका, छाया, संकेत, प्रतीक, झलक, छायांकन, प्रतिबिम्ब, प्रतिच्छाया, परछाईं।

adumbrative a. रूपरेखायुक्त, प्रदर्शक, प्रतीकात्मक, प्रतिबिम्बमय।

aduncous a. आनत, मुड़ा हुआ।

adust a. आतप्त, धूपसे तपा हुआ, धूप का मारा; उद्विग्न, उदास, जला-भुना; शुष्क, सुखाया हुआ; दग्ध, ज्वलित, जला हुआ, भुना हुआ, झुलसा हुआ।

advance[1] n. अग्रिम, अग्रिमधन, अग्रदान, पेशगी; अगवानी; उधार; सेनामुख; अग्रगमन, अग्रसरण, आगे बढ़ना, बढ़ाव; प्रगति, उन्नयन, बढ़ती; पहुँच, भेंट, प्रस्ताव, निवेदन; मूल्य-वृद्धि, (मूल्यकी) बढ़ती; ~ copy of book etc. प्रकाशनके पूर्वकी प्रति; *in* ~ (स्थान या समयके) पूर्व, पहले, पहलेसे।

advance[2] v.t. & i. अग्रिम देना, पेशगी देना, साई देना; प्रकट करना, देना; आगे बढ़ना, उन्नति करना, आगे जाना, अग्रसर होना या करना, आगे रखना, आगे बढ़ाना; गति बढ़ाना; सहायता करना, उपकार करना; प्रोन्नत करना, ऊपर उठाना, तरक्की देना; शीघ्रता करना; मूल्य बढ़ाना, कीमतें चढ़ना, तेज करना या तेज होना; प्रस्तुत करना।

advanced a. प्रगत, त्वरित, उच्च, प्रौढ़, उन्नत, विकसित, बढ़ा हुआ; ~ life अथवा ~ing years वार्धक्य, प्रौढ़ता, बुढ़ापा।

advancement n. त्वरण, बढ़ावा, उन्नति; वृद्धि; पेशगी।

advancer n. आगे बढ़नेवाला, अग्रिम; महाजन।

advancive a. आगे, अग्रसर, वर्द्धनशील।

advantage[1] n. लाभ, हित, फायदा; प्राथमिकता, श्रेष्ठता, महत्ता, महत्त्व, बड़ाई; आधिक्य, उत्कर्ष; उपकार; ~ ground (प्रायः vantage) श्रेष्ठ स्थिति, महत्त्वका स्थान, चौकेकी जगह; *have the* ~ *of*, *gain an* ~ *over* अधिक अच्छी स्थितिमें होना।

advantage[2] v.t. लाभप्रद या लाभकारी होना, हितकारी होना; लाभ पहुँचाना, हित करना; उन्नति देना, तरक्की देना, आगे बढ़ाना।

advantageous a. लाभप्रद, लाभकारी; उपयोगी, हितकर, हितकारी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

advantageousness n. लाभप्रदता, उपयोगिता, हितकारिता।

advene v.i. सम्मत होना, जोड़ा जाना।

advent n. अवतार, आगमन।

adventism n. पुनरागमनवाद, अवतारवाद।

adventist n. सहस्रायुवादी (ऐसे सम्प्रदायका सदस्य जिसके विचार सहस्रवर्षीय जीवनके हों)।

adventitious a. नैमित्तिक, आकस्मिक, अचानक, एकाएक; संयोगवश, आस्थानिक, घटनावश; बाह्य, बाहरी; (सम्पत्तिका कानून) अपरिचित व्यक्तिसे प्राप्त उत्तराधिकार, समर्जन।

adventitiousness n. आकस्मिकता; संयोग; अनावश्यकता; बाह्यता।

adventure[1] n. साहस, साहसिकता; संकट, साहस; व्यापारिक सट्टा; आकस्मिक मृत्यु; (अप्रत्याशित) घटना।

adventure[2] v.t. & i. साहसिक कार्य करना, संकट मोल लेना, जानपर खेल जाना; (स्वयं या वस्तु) जोखिम या खतरेमें डालना या पड़ना, आपत्तिमें पड़ना, संकटमें पड़ना; (किसी स्थानपर) आने या जानेका साहस करना, हिम्मत करना; ओखलीमें सिर देना, बीड़ा उठाना।

adventureful a. साहसपूर्ण; जोखिमपूर्ण; संकटपूर्ण।

adventurer n. साहसिक, दुःसाहसी; महत्त्वाकांक्षी पुरुष, साहसी योद्धा; प्रगल्भ, प्रगल्भबुद्धि; सट्टेबाज।

adventuresome a. उद्योगी, साहसी, साहसिक, निर्भीक, हिम्मतवर, दिलेर।

adventuress n. महत्त्वाकांक्षी नारी, प्रगल्भ स्त्री; वारांगना; साहसी महिला।

adventurous a. पराक्रमी, वीर, सूरमा, हिम्मतवाला, साहसी, साहसिक, उतावला, जल्दबाज; धीर, उत्साही, दिलेर, जीवटवाला; उद्योगी, व्यवसायी।

adverb n. क्रिया-विशेषण (जैसे, *gently, so, now, where, why*)।

adverbial a. क्रिया-विशेषण-सम्बन्धी।

adversaria n. नोटबुक, साधारण पुस्तक।

adversary n. प्रतिपक्षी, विपक्षी, प्रतिवादी, विरोधी, शत्रु, दुश्मन, वैरी; the A~ दैत्य, राक्षस, पिशाच, शैतान।

adversative a. मतभेद-सूचक, विरोध-सूचक, विरोधी, विरोध प्रकट करनेवाला, उलटा (शब्द)।

adverse a. विपरीत, उलटा; प्रतिकूल, विरुद्ध, विरोधी, शत्रु, वैरी; अनिष्टकारी, अहितकर, कष्टप्रद, घातक, चोट पहुँचानेवाला।

adverseness n. विरुद्ध भाव, विरोध; दे० ADVERSITY; विरुद्धता।

adversity n. प्रतिकूलता, आपत्काल, आपदा, दुर्दिन, विपत्ति, संकट, आफत; अभाग्य, भाग्यहीनता, दुर्भाग्य; ~ *flatters no man* दुःखमें कोई साथी नहीं होता।

advert v.i. (बोलने या लिखनेमें) उद्धृत करना, उल्लेख करना, हवाला देना, संकेत करना, ध्यान देना या दिलाना, सुझाना, बारेमें कहना।

advertence n. सावधानी, ध्यान।

advertent a. सावधान, सचेत।

advertise v.t. & i. विज्ञापित करना या होना, विज्ञापन देना, प्रचारित करना, विख्यात करना या होना, फैलाना; विज्ञप्ति द्वारा माँगना; घोषित करना, घोषणा करना; सूचित करना, सूचना देना, इत्तला देना, खबर देना; सावधान करना, चेताना, आगाह करना, जताना।

advertised a. विज्ञापित।

advertisement* n. विज्ञापन*, एलान, इश्तहार, सार्वजनिक घोषणा (सूचनापत्र या समाचारपत्र द्वारा);
~ agent, ~ charge, ~ rate, ~ tariff, ~ manager.

advertiser n. विज्ञापक, प्रकाशक, इश्तहार देनेवाला।

advice n. मन्त्रणा, परामर्श, सम्मति, सलाह; प्रज्ञप्ति, संज्ञापन, सूचना, समाचार, संवाद, खबर; (बहु०) दूरके संवाद, सन्देश, खबरें; (वाणि०) लेन देनकी व्यावहारिक सूचना; उपदेश, सिखावन;
~ list, ~ note, ~ register, ~ slip.

advisable a. परामर्श्य, संज्ञाप्य, उपदेष्टव्य, अनुमोदनीय, सिफारिशके योग्य; उपयुक्त, युक्त, लाभकर, उचित।

advisableness, advisability nn. औचित्य, अनुमोदनीयता, उपयुक्तता; परामर्श्यता; संज्ञाप्यता।

advisably adv. औचित्यसे, उचित रूपसे, उपयुक्त ढंगसे, ठीक प्रकारसे।

advise[1] ⊙ = ADVICE.

advise[2] v.t. & i. मन्त्रणा देना, परामर्श देना, सलाह देना, समझाना, सिखाना; राय देना, सिफारिश करना (जैसे, *the doctor ~s change of air*); प्रज्ञापित करना, सूचना देना, विज्ञापन करना, प्रकाशित करना; अवगत करना, जताना, खबर भेजना; (वाणि०) घोषित करना, सूचित करना।

advised a. विचारपूर्ण, सोचा हुआ; प्रज्ञापित, सूचित, जाना-बूझा, सोचा-समझा; ill-~ कुविचारपूर्ण, अनुचित, बिना विचारे।

adviser, advisor n. परामर्शदाता, उपदेष्टा, सलाहकार, मन्त्री।

advisory a. मन्त्रणा-, मन्त्रणा-दायक (जैसे, ~ *committee* मन्त्रणा-समिति), परामर्शदाता, सलाहकार; उपदेशक; परामर्शपूर्ण, परामर्श देनेमें क्षम, सलाहकार-सम्बन्धी (जैसे, ~ *council* मन्त्रणा-परिषद्)।

advocacy n. पक्षपोषण, पक्षसमर्थन, वकालत; किसीके लिए तर्क करना, हिमायत।

advocate[1] n. एडवोकेट, अधिवक्ता, वकील; पक्षपोषक, समर्थक; devil's ~ विधर्माधिवक्ता, रोमन कैथोलिक चर्चमें किसी धर्म या नियमके विरुद्ध वकालत करनेवाला, हिंसापूर्ण दोषारोपण करनेवाला; Faculty A~s स्काटलैण्डका अधिवक्ता-संघ; Lord A~ स्काटलैण्डमें सम्राट्का प्रधान अधिवक्ता।

advocate[2] v.t. पक्षपोषण करना, हिमायत करना, सार्वजनिक रूपसे अनुमोदन करना, वकालत करना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri Funding:IKS

बचाना, उत्तर देना, खुले तौरसे सिफारिश करना।
advocateship n. अधिवक्ताका पद, वकीलका पद।
advocation n. दे० ADVOCACY.
advocatory a. अधिवक्ता-सम्बन्धी।
advowee n. संरक्षक।
advowson n. संरक्षण, संरक्षाधिकार।
adynamia n. क्षीणता, निर्बलता, कमजोरी; शिथिलता, ढीलापन।
adynamic a. क्षीण, निर्बल, बलहीन, कमजोर; शिथिल, ढीला।
adytum n. गर्भगृह, गुप्तकक्ष; पूजाका स्थान, मन्दिर; रत्नगृह, मालखाना।
adz, adze १. n. तक्षणी, बसूला; २. v.t. बसूलेसे छीलना।
aegis n. (पुराण) यूनानी देवताओंकी ढाल; छत्रच्छाया, आश्रय, सुरक्षा, संरक्षता, रक्षा, बचाव।
aegrotat n. बीमारीका डाक्टरी प्रमाण-पत्र।
aeolotropic a. भिन्नाकर्षी, भिन्न खिंचाव रखनेवाले पदार्थविशेष।
aeolotropy n. भिन्नाकर्षण, भिन्न खिंचाववाले पदार्थ।
aeon, eon n. युग, कल्प, गणनातीत समय; अनादि-काल, अनन्तकाल।
Aepyornis n. ईपर्णस, तुङ्ग विहंग।
aerate v.t. हवामें रखना या हवा देना, हवा भरना; प्रांगारिक (कार्बोनिक) अम्ल (एसिड) गैस भरना।
aeration n. वातन, वायु-प्रवाहन।
aerator n. वातक, वायुको मिलानेवाला यन्त्रविशेष।
aerial[1] a. वायव्य, वायवीय, वायु-सम्बन्धी, हवाई; वायुकी भाँति सूक्ष्म, ईथरीय, ज्वलकीय; निस्सार, कल्पित; काल्पनिक, आकाशी, ख्याली; वायु-मांडलिक, वातावरणमें; हवामें पायी जानेवाली या चलनेवाली (जैसे, ~ *railway*); विद्युद्-ग्राहक, एरियल।
aerial[2] n. वायव्य, आकाशी, हवाई, आकाश-तार, एरियल (तार जो बेतार यन्त्रमें काम आता है); विद्युद्-ग्राहक, ~ bird आकाशचारी, आकाश-पक्षी; ~ contamination वायु-दूषण; A~ Derby वार्षिक विमान दौड़; ~ survey वैमानिक आपरीक्षण।
aeriality n. ईथरीयता, वायवीयत्व, आकाशत्व; काल्पनिकता।
aerie, aery, eyrie, eyry n. पर्वतीय वासस्थान; गरुड़ या किसी अन्य शिकारी पक्षीका घोंसला; शिकारी पक्षीके अंडे-बच्चे।
aeriferous a. वायुयुक्त; वायुवाही, वायु ले जानेवाला।
aerification n. वायुतत्त्व बननेका कार्य।
aeriform a. वायव्य, वायुरूप, हवा जैसा, गैसीय, वाष्पमय; असत्य, मिथ्या, निस्सार, सारहीन, काल्पनिक।
aerify v.t. वायु-पूर्ण करना, वायु भरना।
aerobatics n. विमान-कौशल, उड़नेकी कला।
aerobic a. ऑक्सीजनमें जीवित रहनेवाला, जारक जीवी।
aerobiosis n. जारक जीवन, वायु-जीवन।
aerobus n. वायुयान, हवागाड़ी, हवाई जहाज।
aerodonetics n. विमान-विद्या।
aerodrome n. विमान-पत्तन, हवाई अड्डा।
aerodynamics n. वायुगतिकी, वायुगति-विज्ञान।
aerofoil n. वातोत्तोलकी, वायुयानका पंखा या डैना।
aerogram n. हवाई तार।
aerograph n. वात-यन्त्र, वायुयानका ऋतु-सम्बन्धी एक यन्त्र।
aerography n. वायु-विद्या, ऋतु बतानेकी क्रिया।
aerolight n. उल्का, टूटा तारा।
aerolith n. आकाश-वज्र, उल्काश्म।
aerolithology n. उल्का-विज्ञान।
aerological a. वायुमण्डल-सम्बन्धी।
aerologist n. वायुविज्ञान-वेत्ता।
aerology n. वायु-विज्ञान।
aeronautic n. विमान-चालक, विमानयात्री।
aeronautical a. वैमानिकीय, विमानशास्त्रीय, विमान-शास्त्र-विषयक, वैमानिक, विमान-चालन-सम्बन्धी।
aeronautics n. उड्डयन विद्या, वैमानिकी, विमान विद्या।
aeronautism n. वायुयान सम्बन्धी विज्ञान या सिद्धान्त।
aerophobia n. वायु-विक्षेप, ताजी हवासे डरना।
aerophone n. वायु-नालिका, नकली श्वास लेनेका यन्त्र।
aerophore n. वायु-यन्त्र, वायु रखनेवाला यन्त्र।
aeroplane n. वायुयान, विमान, हवाई जहाज।
aeroscopy n. जलवायु-भेद।
aerose a. ताँबेका, काँसेका।
aerostat n. गुब्बारा, हवाई गोला।
aerostatics n. वायुभार जाननेकी विद्या।
aerostation n. उड्डयन, वायुविचरण।
aerotherapeutics n. वायु-चिकित्सा, बीमारीको वायु द्वारा ठीक करना।
aery a. वातयुक्त, हवादार।
Aesculapian a. देव चिकित्सा सम्बन्धी।
aesthesia n. होशमें, ठीक दशामें।
aesthesiometer n. संज्ञा-यन्त्र, शारीरिक ज्ञान जाननेका यन्त्र।
aesthete n. संवेदिका (प्राणि०); छैला; सौंदर्योपासक, सौंदर्यानुरागी, सौंदर्य-प्रेमी।
aesthetic a. सौन्दर्य-शास्त्रीय, सौन्दर्यमय, सौन्दर्यात्मक; सुरुचिपूर्ण।
aesthetical a. सौन्दर्यबोध-विषयक।
aestheticism n. सौन्दर्यवाद, सौन्दर्यबोध।
aesthetics n. सौन्दर्य-शास्त्र, सौन्दर्यबोध-शास्त्रः सौन्दर्य-वाद; कला-विज्ञान, ललितकला विज्ञान; इन्द्रिय-विज्ञान; संज्ञा।
aestival a. ग्रीष्म-ऋतु-सम्बन्धी, गर्मीका।
aestivate v.t. ग्रीष्ममें एक स्थानपर रहना।
aestivation n. ग्रीष्म-वास; कलियोंका क्रम।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

aether n. ईथर (द्रव्य); आकाश ।

aethrioscope n. आतप-माप, धूपकी गर्मीको नापनेका यन्त्र ।

aetiological a. हेतुवाद-सम्बन्धी, निदान-विद्याका, बीमारियोंके कारणका ।

aetiology n. कार्यकारण-तत्त्व-विज्ञान, हेतुवाद; कारण-निर्देशन, कारण-निरूपण; (औषध) निदान-विद्या ।

afar adv. दूर, दूरीपर, दूरतक (प्रायः ~ *off*; *from* ~ दूरसे) ।

afeard a. त्रस्त, भयभीत, डरा हुआ ।

affability n. सहिष्णुता, सुशीलता, शालीनता, सौजन्य, मिलनशीलता, मिलनसारी ।

affable a. सहिष्णु, मृदु, सुशील, विनम्र, विनीत, शालीन, सुजन, सरल, मिलनसार ।

affair n. व्यापार, प्रयोजन, विषय, मामला; समस्या (जैसे, *that is my* ~); सरोकार, धन्धा; कार्य, करणीय वस्तु, काम; (बहु०) कार्य-व्यापार, लेन-देन, कारबार, व्यवहार, जीवनके सामान्य कर्म; ~ *of* honour धर्मयुद्ध, सम्मान रक्षाके लिए द्वन्द्व; *a gorgeous* ~ (बोल० में सांसारिक वस्तुओंके लिए) भड़कीला आयोजन, समारोह, उत्सव, शानशौकतवाली बात ।

affect[1] v.t. (मनको) प्रभावित करना, प्रभाव डालना, मनमें पैठना; (हृदय) स्पर्श करना; पकड़ लेना, लग जाना (बीमारी आदिका); ग्रस्त कर लेना, आक्रमण करना; चुभना, स्थूल भाव उत्पन्न करना; (कर्मवा० प्रा०) (किसी विशेष कार्यके लिए) नियुक्त होना, निर्धारित होना ।

affect[2] v.t. प्रयोग करना, व्यवहार करना, काममें लाना (जैसे, ~ *a costume*); (वस्तु आदिका) किसी (आकार-को) धारण करनेकी ओर प्रवृत्त होना; बनने लगना, बनना, अनुकरण करना (जैसे, ~ *the free-thinker*); (उदासीनता) होने या अनुभव करनेका ढोंग करना, दिखावा करना; (काम करनेका) बहाना करना ।

affect[3] n. अनुभूति, भावावेश, भाव, चाह, इच्छा ।

affectation n. आडम्बर, आचरणकी कृत्रिमता, बनावट; दिखावट, प्रदर्शन, नखरा; छल, कपट, बहाना; (क्वचित्) घोषित व्यवसाय, उद्यम, पेशा या नौकरी *(all ships whatever their* ~) ।

affected a. कपटी, आडम्बरपूर्ण, ढोंगी पाखण्डी, झूठा, बना हुआ; मिथ्या, कल्पित, दर्शनी, दिखावटी; (क्रिया-विशेषणके साथ) उन्मुख, प्रवृत्त, झुका हुआ; (रोगसे) ग्रस्त; अभिभूत, प्रभावित ।

affectedness n. आडम्बर, पाखण्ड, प्रदर्शन, दिखावा, बनावट, ढोंग ।

affectibility n. स्नेहमयता, प्रेमभाव ।

affecting a. प्रभावित करनेवाला, असर डालनेवाला; मनको छूनेवाला ।

affection n. अनुराग, प्रेम, प्यार, स्नेह; शुभकामना, सद्भावना; उन्मुखता, प्रवृत्ति, झुकाव, चाह; प्रभाव-शालिता; शरीरकी स्थिति, शारीरिक अवस्था; रोग, व्याधि, बीमारी; स्थिति, परिस्थिति; सम्पत्ति, गुण, विशेषता, धर्म, उपाधि; = AFFECTATION.

affectional a. भावात्मक, भावनामय, भावावेशीय ।

affectionate a. प्रिय, प्रेमी, अनुरागी, प्रणयी, स्नेही, चाहनेवाला; आसक्त, अनुरक्त, विमुग्ध, मुग्ध, मोहित; स्नेहपूर्ण, प्रीतियुक्त, प्यारभरी (वस्तु) ।

affectionateness n. आसक्ति, विमुग्धता, प्यारापन, अनुराग, प्रीति, स्नेह, चाह ।

affectioned a. प्रेमबाधित ।

affective a. प्रवृत्ति, प्रभाव, स्नेह आदि भावोंसे सम्बन्धित; हृदयद्रावक, भावात्मक ।

affeer v.t. कर चुकाना, जुर्माना भरना ।

afferent a. अन्तर्मुखी, अभिवादी, पहुँचानेवाली, भीतर ले जानेवाली (जैसे, ~ *nerves*, ~ *vessels*) ।

affiance[1] n. वाग्दान, सगाई, मँगनी; आस्था, निष्ठा, विश्वास, भरोसा, प्रतिश्रुति ।

affiance[2] v.t. वाग्बद्ध करना, विवाहमें वचनबद्ध होना, प्रतिज्ञा करना (प्रायः कर्म० में) ।

affianced a. वाग्दत्त, विवाहित; सम्बद्ध ।

affidavit n. शपथ-पत्र, हलफनामा ।

affiliate v.t. सम्बद्ध करना, साथ लगाना, मिलाना, शामिल करना, जोड़ देना; ग्रहण करना, अन्तर्भुक्त करना; (कानून) (जारज सन्तानका) पितृ-सम्बन्ध बताना; पितृत्व स्थिर करना ।

affiliated a. सम्बद्ध (जैसे, ~ *college or society*) ।

affiliation n. दत्तक-ग्रहण, दत्तक-विधान; पितृ-निश्चयन; सम्बन्धन, लगाव, जोड़ ।

affine v.t. परिशोधन करना, शोधना ।

affined a. संयुक्त, सम्बद्ध ।

affinitive a. प्रीतियुक्त, प्रिय; सम्बन्धित, सम्बन्धी, प्रीतिभाजन, सम्पर्क-सम्बन्धी; आकर्षक, आकर्षण-सम्बन्धी; अनुरूप, समान, सदृश ।

affinity n. व्यासक्ति, सम्पर्क, लगाव, प्रीति, आकर्षण, सम्बन्ध, विवाहके द्वारा सम्बन्ध, नाता, रिश्तेदारी, रिश्ता; बन्धुता, बन्धुत्व; (भाषाओं, पशुओं, पौधोंका) मेल, रचनात्मक सादृश्य, साम्य, समानता; (ला०) वंश-साम्य, स्वभाव या आचार-विचारकी अनुरूपता; अनुरक्ति, रुचि, आकर्षण, खिंचाव; (रसा०) अन्तर्भुक्ति, विलयन (कुछ तत्त्वोंकी दूसरेसे एक हो जाने या मिल जानेकी प्रवृत्ति) ।

affirm v.t. &. i. अभिपुष्टि करना, दृढ़तासे कहना, निश्चयपूर्वक कहना, दावेके साथ कहना; (तर्क०) स्वीकारात्मक अवस्थामें होना, हाँ करना; (कानून) अभि-घोषणा करना, अभिवचन देना, प्रतिज्ञा करना, पुष्टि करना, दृढ़ करना; अनुमोदन करना, समर्थन करना ।

affirmable a. अभिवचनीय, अनुमोदनीय, निश्चय या प्रतिज्ञा करने योग्य ।

affirmance n. पुष्टि, पुष्टीकरण, दृढ़ अभिवचन, दृढ़ प्रतिज्ञा, निश्चित कथन, सत्य कथन ।

affirmant a. पुष्टिकारक, पक्का करनेवाला; प्रकथनकारी, अनुमोदक, दृढ़कारक, निश्चायक ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

affirmation n. पुष्टीकरण, अनुमोदन, प्रकथन, सत्य-कथन, निश्चित कथन, वचन, हामी, हाँ, प्रतिज्ञा; (कानून) निश्चयात्मक घोषणा।

affirmative a. & n. स्वीकारात्मक, अंगीकार-सूचक, सम्मोदनात्मक, निश्चयात्मक; हाँ, हामी।

affirmatory a. अभिपोषण-सम्बन्धी, प्रतिज्ञा-सम्बन्धी, निश्चय-सम्बन्धी; निश्चयात्मक।

affirmer n. दृढ़तापूर्वक स्वीकार करनेवाला।

affix[1] n. अनुषंगी, योग, जोड़; (व्या०) आगम, उपसर्ग, विभक्ति, प्रत्यय।

affix[2] v.t. संयुक्त करना, जोड़ना, बाँधना, नत्थी करना; चिपकाना; लगाना; पीछे जोड़ना।

affixing n. जोड़, मिलाव।

affixture n. संयोजन, नत्थी, जोड़, मिलाव, जमाव, बैठाव।

afflation n. अनुप्राणन, प्रेरण; हवा फूँकना।

afflatus n. आन्तरिक उद्वेग, प्रेरणा; श्वसन; काव्यानुभूति, दिव्यानुभूति, ईश्वरीय प्रेरणा; अतिप्राकृत ज्ञानका संचारण।

afflict v.t. कष्ट पहुँचाना, पीड़ा पहुँचाना, विपत् डालना, दुःख देना, सताना।

afflicted a. क्लेशित, पीड़ित, दुःखित, शोकार्त, व्यथित, सताया हुआ।

afflictedness n. दुःख, क्लेश, आपत्ति।

afflicting a. दुःखद, क्लेश वा पीड़ा देनेवाला।

affliction n. आपत्ति, विपदा, दुःख, मुसीबत; मनस्ताप, सन्ताप, पीड़ा, दर्द।

afflictive a. व्यथाकर, क्लेश या पीड़ा देनेवाला।

affluence n. प्रवाह, बहाव; प्रचुरता, विपुलता; धनाढ्यता, सम्पन्नता, समृद्धि, बहुतायत, धन, दौलत।

affluency n. अधिक मात्रा; =AFFLUENCE.

affluent[1] n. सहायक नदी।

affluent[2] a. प्रवाहित, बहता हुआ; प्रचुर, विपुल, अपार, अधिक, बहुत; समृद्ध, सम्पन्न, धनाढ्य, धनी।

afflux n. अभिवाह, अभिस्यन्दन, प्रवाह, बहाव।

afforce v.t. दृढ़ करना, मजबूत बनाना; (कानून) पुष्ट करना, शक्ति बढ़ाना, पक्का करना।

afforcement n. दृढ़ीकरण, शक्तिवृद्धि, मजबूती।

afford v.t. करनेकी क्षमता रखना, कर सकना; व्ययमें सक्षम होना, गुंजाइश निकालना; प्रदान करना या देना; (वस्तुएँ) पहुँचाना; साधन संचित करना, सुविधाएँ पाना, सम्पन्न होना, बहुत धनी होना।

afforest v.t. वनरोपण करना, जंगल बनाना या जंगल लगाना।

afforestable a. वनरोप्य, जंगल लगाने योग्य।

afforestation n. वन-रोपण, वनीकरण, जंगल लगाने-का कार्य।

afforestment n. =AFFORESTATION.

affranchise v.t. स्वाधीन करना, मुक्त करना, छुटकारा देना; मताधिकार देना, वोट देनेका अधिकार देना।

affranchisement n. दासत्वसे मुक्त करनेका कार्य, मुक्ति; मताधिकार।

affray n. अशान्ति, शान्ति-भंग, कलह, बखेड़ा, झगड़ा, दंगा।

affreight v.t. भाड़ेपर लेना।

affreightment n. अभिभाटकन, (जहाज) किरायेपर करना।

affright[1] n. आतंक, त्रास, भय, डर।

affright[2] v.t. (FRIGHT से) भयभीत करना, डराना।

affrighted a. त्रस्त, डराया हुआ।

affrightment n. आकस्मिक भय, त्रास, एकाएक डर।

affront[1] n. मानहानि, निरादर, तिरस्कार, अपमान (जैसे, *put ~ upon*)।

affront[2] v.t. अपमानित करना, तिरस्कार करना; आत्मसम्मानको धक्का पहुँचाना, चरित्रपर आक्षेप करना, लज्जित करना; सामना करना, मुकाबिला करना।

affronted a. अपमानित, लज्जित।

affronter n. अपमान करनेवाला, सामना करनेवाला।

affuse v.t. उँड़ेलना, छिड़कना।

affusion n. अभिसिंचन, ऊपर डालना, उँड़ेलना; (विशे०) बपतिस्मामें ऊपर पानी डालना या छिड़कना; (औषध) ज्वरग्रस्त रोगीपर (५०° से ७०° फार्नहाइट-तकका) पानी डालना।

affy v.t. सगाई करना, संयुक्त करना, मिलाना।

afield adv. खेतमें या पर, रणभूमिमें, मैदान या खेतकी तरफ; घरसे दूर, दूरीपर, परदेशमें, बाहर (जैसे, *far ~*)।

afire adv. & pred. a. ज्वलंत, प्रचंड, जलता हुआ।

aflame adv. &. pred. a. ज्वालामय, प्रचंड, दहकता हुआ, जलता हुआ, चमकता हुआ।

aflat, aflate a. जमीनके समतल।

afoot adv. & pred. a. पैदल, प्यादा; गतिशील, चलता हुआ; कार्यलीन, काममें लगा हुआ, चलता, चालू।

afore adv. & pred. पूर्व, पहले, पिछले; (नौवि०) समक्ष, सम्मुख, आगे, सामने (जैसे, *~ the mast*)।

aforehand adv. समयसे पहले।

aforenamed a. पूर्वकथित, पहले वर्णनमें आया हुआ।

afoul a. &. adv. पाशबद्ध, उलझनमें, फन्देमें; भिड़न्त या टक्करमें, मुठभेड़में।

afraid pred. a. भयभीत, त्रस्त, डरा हुआ (जैसे, *~ to do a thing, ~ of a thing*); (बोल०) खेदसे मानना (जैसे, *I'm ~ I'm late*)।

afresh adv. आरम्भसे, पुनः, फिरसे, नये सिरेसे।

African n. अफ्रीकी, अफ्रीका निवासी।

afront adv. सम्मुख, अग्रभागे, सामने।

aft adv. पिछाड़ी, पीछे; (नौवि०) जहाजके पिछले भागमें या की ओर; लम्बाईमें जहाजके अगले भागसे पिछले भागतक; fore & ~ आर-पार।

after[1] a. परवर्ती, पश्चाद्वर्ती, बादका, बरसों बाद या पीछे; (नौवि०) पीछेका (जैसे, *~ cabin, masts*); PAST, (जैसे, *half ~ four*) ⊙।

after*[2] १. adv. उपरान्त, पश्चात्, पीछे*, बादमें (*Jill*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

came tumbling ~; soon, a week ~); *~-born* उत्तरजात, अनुज; *~-cultivation* अनु-कृषि; *~-effect* अनुप्रभाव, पश्च-प्रभाव; २. prep. पीछे-पीछे, तलाशमें, सम्बन्धमें, बारेमें (जैसे, *look ~ him*); हेतु, वास्ते, लिए (जैसे, *hanker ~*); तदनन्तर, उपरान्त, पीछेतक, नियत समयके बीतनेपर, ध्यान रखते हुए, देखते हुए, लिहाजसे (जैसे, *~ such behaviour*); अनुसार, मुताबिक (*~ a fashion*); अनुकरणमें, देखादेखी (जैसे, *a picture ~ Rubens*); सन्दर्भमें, सम्बन्धमें; ३. conj. इतना सब होनेपर भी, तो भी, फिर भी, निदान (*~ all*); इसके पीछे (जैसे, *~ he went, has gone*);

~-date, ~-grass, ~growth, ~-guard, ~-image, ~noon parade, ~-tea, ~-ripening, ~shaft, ~sight, ~swarm.

afterbirth n. गर्भ झिल्ली, अवरनाल, खेड़ी, जेरी।

aftercare n. चिन्ता, चर्चा, परवाह (चिकित्साके पश्चात्); प्रायः गुणवाचक, जैसे, *~ association* में।

afterclap n. अचानक होनेवाला कार्य।

afterdamp n. कण्ठनिरोधक वायु, (किसी खानमें विस्फोट होनेके पश्चात् बची हुई) दम घोंटनेवाली गैस।

aftergame n. पश्चक्रीड़ा, पूर्व निर्णयको बदल देनेवाला खेल।

afterglow n. अनुदीप्ति, प्रदोषदीप्ति, सन्ध्याकी लाली, सन्ध्या-रात्र।

afterings n. (बहु०) थनदुहे, दूधका अन्तिम भाग, दूध दुहनेमें अन्तकी धारें।

aftermath n. पछीती घास; (ला०) परिणाम, फल, नतीजा (जैसे, *the ~ of war*)।

aftermost a. (नौवि०) जहाजमें सबसे पिछला भाग।

afternoon n. अपराह्न, दोपहरके बाद, तीसरा पहर।

afterpart n. पिछला भाग, जहाजका पिछला भाग।

afterpiece n. प्रहसन, हँसीके लिए एक अनुनाटक।

aftertaste n. अनुस्वाद (खानेके बाद भी स्वाद बना रहना)।

afterthought n. अनुचिन्ता, कामके बादकी सोच, अनुबोध, पश्चाद्विचार, बादका विचार; स्पष्टीकरण या सफाई।

afterwards adv. उत्तरकालमें, तदुपरान्त, तदनन्तर, तत्पश्चात्, बादको, फिर, पीछे।

Aga n. तुर्की आगा, स्वामी, सेनापति, तुर्की साम्राज्यका प्रमुख अधिकारी।

again* adv. पुनः, पुनर्वार, दुबारा, एक बार और, फिर*; अतिरिक्त, अलावा, आगे; *~ & ~, time & ~* बार-बार, पुनः पुनः, फिर-फिर, कई बार; कभी-कभी, प्रसंगवश, किसी अवसरपर; द्विगुणित, दूना; ड्योढ़ा; मूलस्थितिपर; दूसरी ओर, बदलेमें, उत्तरके रूपमें, प्रत्युत्तरमें, जवाबमें; किसी विशिष्ट कार्य वा स्थितिके अनुरूप, उतना ही।

against* १. prep. प्रतिकूल, विपरीत*, विरुद्ध*, विरोधमें, खिलाफ (जैसे, *fight ~, I am ~ reform*); प्रतिपक्षितामें, बराबरीमें, मुकाबिलेमें; तैयारीमें, आशामें, पहलेसे ही, के लिए (जैसे, *~ a rainy day*); होशियारी या सावधानीके लिए (जैसे, *warned ~ pickpockets*); टकराते हुए, भिड़कर (जैसे, *ran ~ a rock*); (बोल०) मिल जाना (जैसे, *ran ~ a friend*); सम्मुख, सामने, पार (जैसे, *~ या over ~ the horsepond*); २. conj. (प्रा०) इतनेमें, इसी बीचमें (जैसे, *be ready ~ he comes*)।

agalactia n. दूध न उतरना।

agalactous a. दूध न उतरनेका, कम दूधवाला।

agalaxy n. दूध न उतरना।

Agama n. तृणगोधिका, गोहकी एक जाति।

agamic a. भोग-विलास बिना, अविवाह-जात।

agamist n. विवाह-विरोधी।

agamogenesis n. अविवाह-सन्तान।

agamous a. अविवाही।

agape[1] n. प्राचीन ईसाइयों द्वारा दिया जानेवाला सहभोज, प्रीति-भोज।

agape[2] adv. &. pred. a. भौंचक्का, अत्यन्त विस्मित; आश्चर्य या आशासे मुँह फैलाये हुए।

Agapemone n. प्रेमाश्रम, प्रेमनिकेतन (बुरे अर्थमें)।

agar (–agar) n. अगर-तगर, अप्सशस्या, अप्सदूर्वजा, अप्सव्याजा, समुद्रघास।

agaric n. खुम्भी, कुकुरमुत्ता; खुम्भीके अनेक प्रकार।

agastric a. बिना आमाशय के, उदर रहित।

agate n. गोमेद, गोमेदक, अकीक, सुलेमानी पत्थर; तारकशोंका औजार जिससे सोने के तारको दमकाते हैं; छपाईमें एक टाइपका नाम (रूबी टाइप)।

agatine a. गोमेदीय, सुलेमानी पत्थरके रूपका, मणिकी भाँति।

agatized a. गोमेदित, मणिके सदृश।

agaty a. गोमेद-सा, मणिकी प्रकृतिका।

agave n. (अमेरिकी एलो जैसे) पौधोंकी जाति; मणिविशेष; बनकुमारी प्रजाति।

agaze adv. चकित, एकटक, टकटकी बाँधे हुए, आँखें फाड़े हुए, घूरकर।

agazed a. चकित, घबराया हुआ।

age[1] n. आयु, अवस्था, जीवनकाल, काल; किसी उद्देश्यके लिए आवश्यक वय, उम्र (जैसे, *come of ~* वयस्क होना); जरा, वृद्धावस्था, बुढ़ापा (जैसे, *peevishness of ~*); पीढ़ी, पुश्त; दे० BRAZEN आदि भी; (इति०, भूगर्भ०) महान् युग, दौर (जैसे, *Patriarchal A~, Ice A~*); (बोल०) युग-युग, दीर्घकाल, लम्बा समय (जैसे, *waiting for ~s*); *Moon's ~* चांद्रतिथि (प्रतिपदाके चन्द्रमासे चलनेवाला समय);

~ admitted, ~ class, ~ classification, ~ class period, ~ gradation, ~ groups, ~ limit, ~ range.

age[2] *(part. aging)* १. v.t. जीर्ण करना, बुड्ढा कर देना; २. v.i. वृद्धत्व आना, जीर्ण होना, बुड्ढा हो जाना, बुढ़ाना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

aged a. वृद्ध, बूढ़ा, पुराना; आयु का, अवस्थाका (जैसे, ~ *ten*); छः वर्षसे अधिक आयुके (घोड़े)।

agedness n. बुढ़ापा, पुरानापन।

ageless a. चिरयुवा, वार्धक्यहीन, सदा जवान।

agency n. अभिकर्तृत्व; (वाणि०) एजेण्टका पद; व्यापारीके हेतु संस्थापन, आढ़त, एजेंसी (जैसे, *Reuters* ~); कार्य; कर्म, क्रिया (जैसे, *moral, free* ~); अभिकरण, करण, माध्यम, साधन (जैसे, *by the ~ of*); क्रियाशक्ति (जैसे, *an invisible* ~);

~ business, ~ charges, ~ charges account, ~ department, ~ rules, ~ subject, ~ terms.

agenda n. स्मृति-पुस्तक, स्मरण-पत्र; विचारणीय कार्यावली, कार्य-सूची; करणीय कार्य, कृत्य, करने योग्य वस्तुएँ।

agenesis n. अपूर्ण उन्नति।

agennesis n. पुरुषका बाँझपन, क्लीवता।

agent n. अभिकर्त्ता, प्रतिनिधि, कारिन्दा, गुमाश्ता, मुनीम; शक्ति लगानेवाला या प्रभाव उत्पन्न करनेवाला व्यक्ति, कार्यकर्त्ता, कर्त्ता; (बातोंका) विशेष कारण, सबल कारण; पदार्थपर प्रभाव डालनेवाली प्राकृतिक शक्ति (जैसे, *chemical* ~)।

agential a. अभिकर्तृ-, आढ़त-सम्बन्धी।

agglomerate[1] n. पुंज, राशि, समूह, ढेर, ढेरी, पिण्ड; (भूगर्भ०) तापके कारण ज्वालामुखीके लावेकी धाराओंका समूह।

agglomerate[2] v.t. & i. पिण्ड या संघट्ट बनाना, संचित करना, एकत्र होना, संचित होना, ढेर लगना, बँधना, पिण्ड बनना।

agglomerate[3] a. राशिभूत, संचित, संघट्टित।

agglomerated a. एकत्र, एकत्रित, संघट्टित, पिण्डभूत, संचित, राशिमय।

agglomeration n. एकत्रीकरण, संघट्टीकरण; संचय, पिण्ड, राशि, ढेर।

agglomerative a. पिण्डात्मक, पिण्डस्वरूप; संचयी, संचयकर्ता, एकत्र करनेवाला।

agglutinate v.t. & i. चिपकाना या चिपकना, जोड़ना या जुड़ना, सटना; (संश्लिष्ट भावोंको व्यक्त करनेके लिए साधारण) शब्दोंको जोड़ना; गोंद या सरेस बनाना या बनना।

agglutination n. संश्लेषण, संयोजन, समूहन, संयोग, जुड़ाई, चेप, चिपकाव; प्रसमूहन;

~ apparatus, ~ rank, ~ tube.

agglutinative, agglutinant, agglutinated aa. चेपदार, चिपचिपा, लेसदार; लसदार; संश्लेषणात्मक, योगात्मक, परस्पर संयोगशील।

aggrandization n. वृद्धि, बढ़ती; पदवी बढ़ानेका कार्य, धन बढ़ानेका कार्य।

aggrandize v.t. वृद्धि करना, बढ़ाना, महत्त्व देना, उन्नति देना, ऊँचा करना, विशाल करना; अतिकथन करना, बढ़ाकर कहना; सजाना, चमकाना।

aggrandizement n. अभ्युदय, वृद्धि, बढ़ती, बढ़ाई, उन्नति; अतिशयोक्ति; सजावट, सज्जा।

aggravate v.t. उत्तेजित करना, भड़काना, क्रुद्ध करना, छेड़ना; गुरुतर करना, बढ़ाना, गम्भीर करना, बोझको भारी कर देना।

aggravated a. गुरुतर (जैसे, ~ form गुरुतर रूप)।

aggravating a. उत्तेजक, अपवर्धक।

aggravation n. प्रकोप, क्रोध; अपवृद्धि, अतिरेक, बढ़ती; गम्भीरता; उत्तेजना, छेड़-छाड़।

aggravator a. उत्तेजित करनेवाला, बढ़ानेवाला।

aggregate[1] n. सम्पूर्ण योग, कुल जोड़; समष्टि, समूह, भीड़; सीमेण्ट बनानेके लिये तोड़े हुए पत्थर; (भौ०) समुदाय, मिलनशील अंशोंका योग; *in the* ~ समस्त, पूर्णरूपसे, कुल मिलाकर।

aggregate[2] v.t. & i. योग लगाना, कुल जोड़ निकालना; सम्मिलित करना, मिलाना; एकत्र होना, इकट्ठा होना, जमा होना या करना, ढेर करना।

aggregate[3] a. एकीकृत, संकलित, एकत्र, इकट्ठा, समूहीकृत, राशिकृत, समुदायमें; समस्त, कुल (जैसे, ~ *amount* समस्त राशि, अथवा ~ *value* समस्त अर्हा, इत्यादि);

~ analysis, ~ area, ~ average, ~ daily total, ~ emoluments, ~ fruit, ~ increase, ~ period, ~ punishment, ~ quantity, ~ structure, ~ sum, ~ surplus, ~ volume, ~ votes.

aggregation n. एकत्रीकरण, राशीकरण; योग, समष्टि, समुदाय, जमा।

aggregative a. राशिकरणीय, योगात्मक, इकट्ठा करने या होनेवाला।

aggress v. i. अग्राक्रमण करना, छेड़छाड़ शुरू करना, पहले आक्रमण करना, लड़ाई आरम्भ करना।

aggression n. अभ्याक्रमण, अग्राक्रमण, आक्रमण, अभिघात, छेड़छाड़, झगड़ा, लड़ाई।

aggressive n. & a. आक्रमणशील, आक्रमणकी ओर प्रवृत्त, लड़ाका, झगड़ालू; आक्रमण-सम्बन्धी; आक्रामक, दुखानेवाला, चोट करनेवाला; अभिघाती, दुर्व्यवहारी; *assume the* ~ झगड़ा शुरू करना, छेड़छाड़ करना, चढ़ाई कर देना।

aggressiveness n. आक्रमणशीलता, लड़ाई, लड़ाकापन।

aggressor n. अभ्याक्रामक, अग्राक्रामक, अभिघाती, पहले छेड़छाड़ करनेवाला।

aggrieve v.t. दुःख देना, कष्ट या पीड़ा देना, दुःखी करना, शोकाकुल करना, तंग करना, सताना।

aggrieved a. परिवेदित, दुःखित, शोकाकुल, पीड़ित।

aghast a. आश्चर्यान्वित, आश्चर्य-चकित, विस्मित, भौचक्का, हक्का-बक्का, चकराया हुआ; भयभीत, त्रस्त, डरा हुआ।

agile a. द्रुतगामी, तीव्र, सक्रिय, तेज, चुस्त, चालाक, फुर्तीला।

agility n. द्रुतगामिता, स्फूर्ति, तीव्रता, सक्रियता,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

चपलता, फुर्ती, चुस्ती, तेजी।

agio n. अन्तर, एक करेंसीके सिक्कोंके मूल्यका दूसरे करेंसीके सिक्कोंसे अन्तर; विनिमय-व्यवसाय, सर्राफी, मुद्रा-बट्टा, भुनवाई, मुद्रा और कागजी सिक्केका अन्तर; Agio एक अर्थशास्त्री।

agiotage n. सट्टा; स्टाकका व्यवसाय; विनिमय-व्यवसाय, सर्राफी।

agister n. शुल्क-चारक, शुल्कपर चरानेवाला।

agistment n. चारणशुल्क, चराई, घिराई।

agitate v.t. आन्दोलित करना, क्षुब्ध करना, आकुल करना, घबड़ा देना; उद्बोधित करना, उत्तेजित करना, उकसाना; तर्क-वितर्क करना, सोचना-विचारना, विवाद करना; आन्दोलन जारी रखना, हलचल किये रखना।

agitated a. उत्तेजित, क्षुब्ध, व्यथित, सताया हुआ।

agitation n. व्याकुलता, विप्लव, कलह, उकसाहट, घबराहट; तर्क-वितर्क, वाद-विवाद, बहस; हलचल; कम्पन, बिड़ोलन, डुलाव; आन्दोलन, आग्रह; उत्तेजना, क्षोभ।

agitative a. विप्लवी, कलही, कलहपूर्ण।

agitator n. आन्दोलक, आन्दोलनकारी, राजनैतिक उपद्रवी, हलचल पैदा करनेवाला।

aglet, aiglet n. टिकली, गोटा, पट्टी, सलमा-सितारा; किसी फीतेकी धातुवाली नोक या सिरा, बुण्डी; जैतून आदि पेड़ोंकी कली।

aglimmer adv. चमकते हुए।

aglow adv. & pred. a. प्रदीप्त, रक्तोष्ण, प्रतप्त, दमकता हुआ, चमकीला।

agnail n. तितना, छिलौरी, विपहरी, गलका, नखकी जड़में उखड़ा मांस; (पूर्व अर्थ) अँगूठे या पैरका गोखरू।

agnate n. & a. सजातीय, सराष्ट्रीय; (ला०) सम्बन्धी, समस्वभाव, समशील; सगोत्र, सपिण्ड, एक ही पूर्वजकी सन्तति, सवंश; एकवंशीय; (~ *relation to the mother's side* मातृबन्धु)।

agnatic a. सजातीय, सगोत्र, सम्बन्धी, सम्बद्ध।

agnation n. सजातीयकरण, सगोत्रता।

agnomen n. कल्पित नाम, उपनाम।

agnostic a. &. n. संशयवादी, नास्तिवादी, अज्ञातवादी, अज्ञेयवादी।

agnosticism n. संशयवाद, नास्तिवाद, अज्ञातवाद, अज्ञेयवाद।

agnus n. बकरीका बच्चा, मेमना।

Agnus Castus n. (पुराण) पवित्रता-रक्षक वृक्ष।

Agnus Dei n. ध्वजा या क्रासधारी मेमनेका चित्र; (पोप द्वारा दिये गये आशीर्वादसे युक्त उक्त मेमनेके चित्रसे अंकित) मोमका केक; भजन।

ago १. a. व्यतीत हुआ, पूर्व, पहले (जैसे, *five years* ~); २. adv. दीर्घकालसे, बहुत समय पूर्व (जैसे, *long* ~)।

agog adv. &. pred. a. गतिमान, चंचल, आतुर, आकुल, विकल।

agoing a. क्रियाशील, जाता हुआ।

agone adv. व्यतीत, बीता हुआ।

agonic a. कोण-रहित; ~ line शून्य दिक्पाती रेखा, चुम्बकीय अन्तरसे हीन रेखा।

agonistic a. कुश्ती अथवा मल्ल-युद्धसे सम्बन्धित; (आलं०) विवादात्मक, द्वन्द्वात्मक, तर्कपूर्ण; कसा हुआ, तना हुआ; प्रभावोन्मुख, प्रभावशील।

agonistics n. व्यायामका शास्त्रीय अध्ययन।

agonize v.t. & i. तड़पाना, तकलीफ देना; कष्ट या दुःख देना, सताना; पीड़ित होना, कष्टसे व्याकुल होना, तड़पना, बेचैन होना; (शा० एवं ला०) अखाड़ेमें लड़ना, शक्ति आजमाना।

agonizing a. अत्यन्त पीड़ाकर, अति दुःखदायक, तड़पानेवाला।

agony n. मानसिक पीड़ा, सन्ताप, क्लेश, चिन्ता; हर्षका आवेश, उल्लासकी तीव्रता; मरण-दुःख, शारीरिक कष्ट; संघर्ष, द्वन्द्व।

agoraphobia n. जनातंक, सभाभीरुता, आतंक, भीड़से डर लगना।

agraphia n. लेखन-विक्षेप, आलेखिता।

agrarian[1] a. भूमि-सुधारक, भू-वितरणका समर्थक।

agrarian[2] a. क्षैत्रिक, भू-सम्पदा सम्बन्धी, भूमिधारी-सम्बन्धी, जमींदारी या जुती हुई धरतीसे सम्बन्धित; ~ outrage जमींदार और किसानके बीचका संघर्ष।

agrarianism n. भू-वितरणवाद, भूमि-सुधारवाद, समभाग भूमि बाँटनेका सिद्धान्त।

agree v.t. &. i. सम्मत होना, अनुमत होना, मान लेना, स्वीकार करना, रजामन्दी देना, हामी भरना, एकमत हो जाना; अनुरूप हो जाना, एकमें लय होना; परस्पर मेल रहना, पटना, निभना, बनना (जैसे, ~ *together, cannot* ~); रस आना, अनुकूल होना, स्वभावके अनुसार पड़ना, ठीक बैठना (जैसे, *work does not* ~ *with him*); (लेखा०) मिलाना, मेल करना; (व्या०) वचन, लिंग, कारक, पुरुषका मेल होना, रूप ग्रहण करना।

agreeable a. अनुकूल, अनुरूप, अनुसार (जैसे, ~ *to all experience*); सुखद, आनन्दप्रद, रमणीय, प्रिय; (बोल०) शुभचिन्तक, कृपालु, दयालु, सुशील, हितैषी।

agreeableness n. अनुकूलता, अनुरूपता; रमणीयता, सुहानापन; कृपालुता।

agreed a. सम्मत, सम्मिलित, संवेदित (जैसे, ~ *scheme* सम्मत योजना)।

agreement* n. संविदा, अन्वय, पारस्परिक मतैक्य, अनुबन्ध, सन्धि, मेलजोल, समझौता*, ठहराव; (कानून) प्रतिज्ञा, अनुबन्ध; अनुबन्ध-पत्र, स्वीकार-पत्र, इकरारनामा; रजामन्दी, करार; (व्या०) अनुरूपता; लिंग, वचन, कारक, पुरुषमें समान होना।

agrestic a. ग्रामीण, भद्दा, देहाती।

agricultor n.=AGRICULTURIST.

agricultural a. कृषि-सम्बन्धी, खेतीका।

agriculture n. कृषि, खेतीबारी, काश्तकारी, किसानी, बो-जोत;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: MoE-IKS

~ Assistant, ~ department, ~ department endorsement, ~ horticulture society, ~ value.

agriculturist n. कृषक, कृषिकार, कृषिजीवी, कृषिविशेषज्ञ, खेतिहर, किसान।

agrimotor n. ट्रैक्टर, खेत जोतनेकी मोटर।

agriologist n. कृषि-विज्ञानका विद्यार्थी।

agriology n. कृषि-विज्ञान; कृषि-सम्बन्धी धरातलका अध्ययन।

agronomic n. कृषिशास्त्रसे सम्बन्धित।

agronomist n. कृषिविद्, कृषिशास्त्री, कृषिशास्त्रका विद्यार्थी।

agronomy n. ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था, कृषिकर्म, कृषिकला, कृषिविद्या, किसानी।

agrostography n. घासोंका शास्त्रीय वर्णन।

agrostology n. वनस्पति शास्त्रका घासोंवाला भाग।

aground adv. & pred. a. रेतमें, उथले पानीके ऊपर (जैसे, *be* ~, *run* ~)।

ague n. एग्यू, जूड़ीताप, विषम ज्वर, जाड़ा बुखार, मलेरिया बुखार; थरथरी, कँपकँपी, कम्पन; (शा० एवं ला०) कम्पन, थरथराहट; ~-*cake* मलेरिया बुखारके कारण जिगर या तिल्लीका बढ़ाव।

agued a. (मलेरिया) ज्वरग्रस्त, जूड़ीतापका रोगी।

aguish a. मलेरिया जैसा, जूड़ीका-सा; जूड़ी उत्पन्न करनेवाला; मलेरियाका रोगी; जाड़ा-सा, जूड़ीताप जैसी कँपकँपी, बारीसे आनेवाला, एकान्तरी (ज्वर), अंतरिया, इकतरा (ज्वर)।

ah int. दुःख, पश्चात्ताप, आश्चर्य, विरक्ति, घृणा, विकलता आदिका व्यंजक, विस्मयादिबोधक; हाय-हाय, आह, ओफ, अरे, वाह, हें-हें, छिः।

aha int. आश्चर्य, विजय, विकलता, व्यंग्यका व्यंजक; अहा, आहा, वाह-वाह, अद्भुत, विचित्र, जय, वाह! वाह! शाबाश।

ahead adv. & pred. a. अग्रिम, पूर्व ही, आगे, अगाड़ी, सामने; सीधे, आगेकी ओर; तेज कदमोंसे, तीव्रगतिसे बढ़ते हुए (जैसे, *go* ~)।

aheap a. ढेरमें; डरसे काँपता सिकुड़ता हुआ।

ahem int. अहे, ध्यान आकर्षित करनेके लिए एक अव्यय।

ahorseback adv. घोड़ेकी पीठपर सवार।

ahoy int. एहो, ओहो, मल्लाहोंका वाही-वाहीका शब्द।

Ahriman n. जरथुस्त्रवादी, पारसी।

ahull adv. (नौवि०) वायुविमुख (ऐसी दशामें जब पाल उतार लिए जाते हैं और पतवार उस ओर कर लिया जाता है जिधरकी हवा न हो)।

aid[1] n. सहायता, साहाय्य, सहारा, मदद; (इति०) सम्राट्को आर्थिक सहायता अथवा करका दान, (बादको) राजकीय ऋण; सहायक।

aid[2] v.t. सहायता करना, सहायता देना, सहारा देना।

aidance n. सहायता।

aide n. = AIDE-DE-CAMP.

aided a. साहाय्यित, साहाय्य-दत्त (जैसे, ~ *institution* साहाय्यित संस्था)।

aide-de-camp n. सेनापतिका सहायक अधिकारी।

aide memoire n. स्मरण-पत्र, स्मृति-पुस्तक।

aider n. सहायक।

aidful a. सहायतापूर्ण।

aiding a. साहाय्यशील, सहायी।

aidless a. असहाय।

aids n. सहाय, साधन, सामग्री।

aiglet n. छोटा श्येन (बाज) पक्षी।

aigre n. नदीकी बाढ़।

aigrette n. रत्नोंके बेलबूटे; =EGRET; सारस, बगला; परों या बालोंका गुच्छा।

aiguille n. पर्वत-शिखर; नोकीली पहाड़ी चोटियाँ; नोक, सिरा।

ail v.t. & i. कष्ट देना, कष्ट होना, पीड़ा पहुँचाना, पीड़ित होना, दुःख देना या होना।

aile n. गिरजेके बगलका रास्ता।

aileron n. वायुयानकी पिछली पतवार।

ailing a. अस्वस्थ; दुःखित; रुग्ण।

aillette n. वायुयानका स्टीलका पंखा; कवच।

ailment n. पीड़ा, व्यथा, क्लेश, व्याधि, रोग, बीमारी।

aim[1] n. (शिक्षा०) उद्देश्य, अभिप्राय, संकल्प; लक्ष्य, लक्ष्यबन्ध, ध्येय, ताक, निशाना; प्रयोजन, युक्ति, इरादा, मंसूबा; (कानून) उद्देश्य, लक्ष्य।

aim[2] v.t. &. i. लक्ष्य बाँधना, निशाना साधना, सीधे रखना, लगाना; यत्न करना, विचार करना; संकल्प करना, मंसूबे बाँधना; चोट पहुँचाना, घात पहुँचाना, वार करना।

aimless a. अभिप्रायहीन, निरुद्देश्य, लक्ष्यहीन, बेतुका।

aimlessness n. निरुद्देश्यता, लक्ष्यहीनता, अटकल।

aine n. ज्येष्ठ-पुत्र, सबसे बड़ा लड़का।

ain't अँग्रेजीके are not & am not का अशुद्ध रूप।

air*[1] n. १. पवन, वायु, वात, हवा*; वायुमण्डल, वातावरण; व्योम, नभ (जैसे, *birds of the* ~); शुद्ध वायु, *fresh* ~; समीर, मन्दवायु, हल्की हवा; रूप, आकार, मुद्रा, दिखावा (जैसे, *an* ~ *of absurdity*); आकृति, हाव-भाव, छवि, ढंग (*with a triumphant* ~); (विशे० बहु० में) अहंकार, अकड़, भावभंगी, कृत्रिम आचरण (*gave himself* ~*s*, ~*s & graces*); (संगी०) तान, राग, सुर, लय, मूर्छना; *castles in the* ~ मनके लड्डू; *give person the* ~ बरखास्त करना; *in the* ~ अफवाह उड़ना या उड़ाना; *open* ~ खुली जगह; *on the* ~ रेडियोसे बोलते हुए, प्रसारित करते हुए; *quite in the* ~ निराधार, असार, अनिश्चित, बेबुनियाद; *take* ~ प्रसिद्ध होना; हवामें उड़ना; ~ attache वैमानिक सलाहकार; ~-base n. हवाई अड्डा, वायुसंस्थान; ~-borne a. वायुवाहित, वायु द्वारा लाया गया, हवाई जहाजसे ले जाया गया; ~-brake हवाई ब्रेक, रोक जो हवाके जोरसे

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

काम करती है; ~ brick रोशनदानकी ईंट; ~-bridge वायु-सेतु, हवाई यातायातके स्थानोंके बीच की शृंखला या कड़ी; ~ condenser वायु रखनेका यंत्र; ~-conditioned a. वायु-संवलित; ~-conditioning n. वायु-संतुलन, हवाको आवश्यकतानुसार अनुकूल बनानेका तरीका; ~ course वायु-पथ, आने-वाली वायुका मार्ग; ~craft वायुयान, हवाईजहाज, बैलून; ~craft carrier विमानवाही जहाज; ⊙ ~drome=AERODROME; ~field हवाईअड्डा, विमान-क्षेत्र; ~ force वायु-सेना; विमान-सेना, वायु-बल; ~graph वायुयान द्वारा जानेवाला पत्र; ~hole वायुछिद्र; ~jacket वायुनाल, वायुपूर्ण तैरनेकी नली; ~ lift वायुयान द्वारा रसद-पानीका यातायात, आवागमन; ~line हवाई-कम्पनी; वायु पार वहन, वायु मार्ग; वायु रेखा; ~liner वृहत् विमान, बड़ा यात्री-विमान; वायुपंक्तियान; ~ log वायुयानके रास्तेको नापनेवाला यन्त्र; ~mail विमान डाक, हवाई डाक; ~man विमानक, विमान-चालक; A~ Marshal, ~-mechanic दे० AIRFORCE; ~plane ⊙ विमान, वायुयान, हवाई जहाज; ~ plant वायुलता, पेड़ोंके सहारे उगनेवाली बेल जो अपनी खुराक वायुसे लेती है; ~-pocket हवाकी घुमेर; ~port विमान-पत्तन, हवाई स्टेशन; ~-stove हवाई चूल्हा; ~ stream वायुयानका पंखा; ~ strip लड़ाकू वायुयानोंका शीघ्रतामें उतरनेका स्थान, ~ tight वाताप्रवेश, वायुरोधक; ~ umbrella विमान-सेना, जो कि सैनिक कार्यवाहीमें हवाई सुरक्षा करती है; ~way वायु-मार्ग, खानमें हवा आने-जानेका रास्ता; ~-action, ~-bacteria, ~-bag, ~bath, ~-bladder, ~-blast, ~-blasted, ~-blown, ~-bombing range, ~-borne radar, ~-borne seeds, ~-borne trade, ~-bound, ~-breathing, ~-breathing fish, ~-bred, ~-bubbles, ~-cavity, ~-cell, ~-chambered, A~ Chief Marshal, A~ Commodore, ~-compressor, ~-condition, ~-conditioning plant, ~-conditioning system, ~-conditioning unit, ~-contact team, ~-content (of soil), ~-control, ~-conveyed, ~-core transformer, ~craft interception, ~craft seizure, ~craft warning, ~-defence, ~ differential thermometer, ~-drainage, ~-dried, ~-drier, ~-driven, ~-dry, ~-dry sample, ~-dry soil, ~-duet, ~-elutriator, ~-examination service, ~-explosion, ~-filled cell, ~-filter, ~-filter and silencer, ~-firing target, ~-floated, ~-foil, A~ Force, A~ Force service, A~ Force station, A~ Force welfare, ~-formed, ~-freight, ~-gap, ~-hardening steel, ~-headquarters, ~-hole, ~-hostess, ~-intelligence, ~-layering, ~-leak, ~-letter, A~ Liason Officer, ~-locked, ~mail advice, ~mail bound, ~mail imperial, ~mail stamp, A~ Marshal, ~-message, ~-mooring mast, ~-navigation, ~-oven, ~-oven and sterilizer, ~-oxidation black, ~-passage, ~pipe, ~-pump, ~-raid, ~-raid precautions, ~-raid precaution services, ~-raid shelter, ~-reconnaissance, ~-reservoir, ~-restrictions, ~-root, ~-route, ~-sac, ~-saturation method, ~-seasoning, ~-service, ~ship, ~-slaked, ~-space, ~-survey draftsman, ~-terminal, ~-thermometer, ~-tight container, ~-tight receptacles overground, ~-tight shutter, ~-tight tin, ~-traffic, ~-transport, ~-transport company, ~-travel, ~-tube, ~-turbine, ~-twist, ~-valve, ~-velocity control, A~ Vice Marshal, ~ward, ~wayman, ~wise, ~-woman, ~-worthy.

air[2] v.t. हवा देना, हवा पहुँचाना, हवामें रखना, हवा खाना, हवाखोरी करना, शुद्ध वायु सेवन करना, ताजी हवा लेना; प्रदर्शित करना, प्रकट करना, जाहिर करना, दिखाना, फैलाना; आग दिखाकर सुखाना, आँच देकर सुखाना।

airiness n. प्रसन्नता; स्फूर्ति; असारता; ओछापन, दिखावटीपन; हवादारी; बारीकी।

airless a. निर्वात, वायुहीन, शान्त; दम घुटनेवाला।

airy a. आकाशस्थ, वायवीय, हवाई; प्रफुल्ल, प्रसन्नचित्त, हर्षितमन, आनन्दमग्न; द्रुतगामी, फुर्तीला, हवा-सा, चपल, चंचल; हल्का; उच्च, बुलन्द; सवात, पवन-युक्त, हवादार; मन्द; तत्त्वहीन, असार, निरर्थक; पतला, बारीक, महीन; सुशोभित, मनोहर, आकर्षक, सुन्दर, रँगीला; सुकुमार, कोमल; अपदार्थ, तुच्छ; कृत्रिम, अनावश्यक।

aisle n. गिरजाघरका एक विभाग, पक्ष; वीथी, वीथिका, मार्ग, तंग रास्ता ⊙।

aisled a. मार्गवाला, बगली रखनेवाला।

ait n. झील अथवा नदीमें एक छोटा द्वीप।

aitch n. =ACHE।

aitch bone n. पुट्ठेकी हड्डी, उसके ऊपरका माँस।

ajar[1] adv. अनमेल, बेसुरा, खरखराती हुई (आवाज)।

ajar[2] adv. अधखुला, खुला हुआ (द्वार)।

akimbo adv. कूल्होंपर हाथ रखे और कुहनियोंको बाहर निकाले हुए।

akin pred. a. सगोत्र, सजातीय, सम्बन्धी, रिश्तेदार, सगा।

alabaster[1] n. भासाचूर्ण, सिलखड़ी, सेतखली, संग-मरमरी खड़िया; सेलखड़ीका डिब्बा या सन्दूक; चूनेका प्रांगारीय (कार्बोनेट) और शुल्वीय (सल्फेट) विभेद।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

alabaster[2] a. भासक, सेतखलीका या के समान (सफेदी या चिकनेपनमें)।

alabastrine a. सिलखड़ीवाला, सफेद और चिकने संगमरमरका।

alabastrum n. भासाचूर्ण-पात्र।

alack int. (प्रा०) ओह, हाय, अरे, अरे राम! अफसोस, अहा! हैं! ~-a-day वाह रे दिन, वाह रे जमाना (दुःख व विस्मय सूचक)।

alacrious a. प्रसन्न, खुश; उत्सुक, तत्पर, शीघ्र।

alacrity n. क्षिप्रता, तत्परता, शीघ्रता, तेजी, फुर्ती; उत्सुकता, आतुरता; उत्साह।

Aladdin's lamp n. कवच, तावीज (जो बाँधनेवालेकी इच्छाको पूरी करती है)।

alalia n. बोली बन्द हो जाना।

alameda n. कुंज, निकुंज, मंडप।

alamode, a la mode adv. & a. यथारीति, प्रथानुसार, प्रचलित रीतिके अनुसार, ढंगसे; आडम्बरपूर्ण, शौकीन, फैशनी, ठाठदार, फैशनबाज; ~ beef मन्द आँचमें उबाले हुए गायके मांस-खण्ड; ~ silk पतला चमकदार काला रेशम।

alamort a. अधमरा, उदास, उत्साहहीन।

alar a. डैना सम्बन्धी।

alarm[1] n. पूर्व-चिन्ता; भय, आतंक, खटका, (संकटकी) भय-सूचना, विपत्तिका संवाद, चेतावनी, खतरेका बिगुल; युद्धकी पुकार, युद्धका आवाहन, तैयारीका बिगुल; (पटेबाजी) लाठी या तलवार चलानेमें अगले दाँव या पैंतरेका कदम; ~-clock (watch) निश्चित वा निर्धारित समयपर घंटी बजाकर जगानेवाली घड़ी, प्रबोधिका, एलार्म घड़ी; ~-post संकट-स्थल, जोखिमका पड़ाव, जहाँ संकटके समय सैनिक एकत्र हों; ~*s & excursions* (विनोद०) कोलाहल, शोरगुल, खटका।

alarm[2] v.t. आतंकित कर देना, त्रस्त करना, भयभीत करना, आन्दोलित करना, हलचल मचा देना, खलबली डाल देना, डरा देना; उद्विग्न करना, व्यग्र कर देना, आकुल कर देना, परेशान कर देना; संकटसे सावधान करना, होशियार करना, चौकन्ना कर देना;
~ chain, ~ chain apparatus, ~ parade, ~ signal.

alarmed a. भयभीत, संत्रस्त; व्यग्र, आकुल।

alarming a. भीतिप्रद, आतंककर, डर पैदा कर देनेवाला।

alarmism n. आतंकवाद, त्रास, घबड़ाहट।

alarmist n. आतंक-प्रसारक, आतंकवादी, संकट लानेवाला, डरानेवाला; जरा-जरासी बात पर संकटकी घोषणा करनेवाला।

alarum n. = ALARM[1].

alary a. डैनाकी तरह।

alas int. कष्ट, हंत, हा, आह, हाय, ओ, ओह, उफ, अफसोस आदि (करुणा, शोक, दुःख सूचक)।

alate, alated a. अभी हालमें डैना रखे, सपक्ष, पंखवाला, परवाला; पंख सदृश।

alb n. चोगा, जामा, बागा (श्वेत-वस्त्र)।

albata n. गिलट, राँगा, जस्ता, मिश्रित धातु।

albatross n. एक बड़ा समुद्री पक्षी।

albeit conj. यद्यपि, चाहे, हालांकि, गो कि (जैसे, ~ *that he failed, he tried* ~ *without success*).

albert n. जेबी घड़ीकी चेन।

albescence n. सफेदी, श्वेतता, शुक्लता, दूधिया रंग, दूधियापन।

albescent a. श्वेतप्राय, सफेद-सी, सफेदी लिए हुए।

Albigenses n. pl. १२वीं-१४वीं शताब्दियोंमें दक्षिण फ्रांसके हेरेटिक्स, विद्रोही।

albiness n. वर्णहीनता, बेरंगापन।

albinism n. श्वेतता, विवर्णता, शरीरकी बेरंगी।

albino n. (बहु० *albinos*) वर्णहीन मनुष्य, जिसकी खाल सफेद हो और आखें धूप नहीं सह पाती हों; वर्णहीन पशु, भूरा जानवर; एक पौधा जिसमें सामान्य वर्ण न हो।

albinotic a. श्वेत, विवर्ण।

Albion n. इंगलैण्डका प्राचीन नाम।

albugineous a. अंडश्वेत।

albugo n. श्वेतक, श्वितिरोग, आँखोंकी सफेदीका रोग विशेष।

album n. आलेख्य-पुस्तक, चित्राधार, फोटो आदि रखनेके लिए सादी किताब, अलबम।

albumen n. अंडकल्क, अन्नमय कोश, श्विति, अंडेकी सफेदी; बीजसार (जो पशुओं, बीजों और गूदादार जड़ोंमें पाया जाता है)।

albumenize v.t. फोटोके प्लेट या चित्रफलकपर अंडेकी सफेदी चढ़ाना।

albuminoid a. & n. अंडकल्कोद, अंडेकी सफेदीजैसा पदार्थ; (n. pl.) कल्कीय, अंडशितोद, श्वित्याभ, प्रोटीन।

albuminoidal a. अंडकल्कोदीय, अंडेकी सफेदीसे सम्बद्ध, प्रोटीनका।

albuminose, albuminous aa. अंडकल्कीय, अण्डेकी सफेदीवाला; गूदादार।

albuminosis n. अनिश्रित अवस्था; श्विति-स्तब्धता।

albuminuria n. कल्कमेह, श्वेतकमेह, मूत्रमें अण्डे जैसी सफेदी होना; प्रायः मूत्राशय रोगका लक्षण।

alburnum n. श्वेत काष्ठ, रस काष्ठ, गाभा या गभीली लकड़ी।

alcayde n. स्पेन देशका जेलर; न्यायाधीश; सेनापति।

alchemic a. रसायनीय।

alchemist n. रासायनिक, ऐन्द्रजालिक, रसज्ञ, रसायनविद्, कीमियागर।

alchemistic a. रसायनसे बननेवाली, रासायनिक।

alchemistical a. रासायनिक, कीमियागर-सम्बन्धी।

alchemize v.t. प्रकृति वा तत्त्व परिवर्तन करना, बदल देना; रसायन बनाना, कीमिया बनाना, कीमिया

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

द्वारा परिवर्तित करना।

alchemy, alchymy nn. मध्ययुगका रसायन, रसविद्या, रससिद्धि, कीमिया, कीमियागरी; (ला० भी) साधारण धातुओंको सोनेमें परिवर्तित कर देनेकी कला।

alcohol n. मद्यसार, सुरासार, सुषव; (रसा०) एक ही प्रकारके यौगिकोंका समूह जैसे मद्यका सार; स्प्रिट, स्पिरिट ⊙;
~ fast,~ thermometer,~ acid,~ poisoning.

alcoholic a. सौषविक, मद्यिक, मद्यसार सम्बन्धी, मद्यसारीय, अलकोहलीय।

alcoholism n. मद्यपानता (मदिरापानसे शरीरपर प्रभाव-स्वरूप उत्पन्न रोगादि)।

alcoholization n. मद्यसारीकरण, सुरासारीकरण, अलकोहलीकरण।

alcoholize v.t. मद्यसारीय प्रभावमें लाना, सुषवसे प्रभावित करना; मद्यसारमें परिणत करना, मद्यसार बनाना।

alcoholometer n. मद्यसारमापक, सुषवमान (स्पिरिटकी अलकोहलीय शक्ति नापनेवाला यन्त्र)।

alcoholometry n. मद्यसारमापन, अलकोहलमिति।

alcoometer n. = ALCOHOLOMETER.

Alcoranic a. कुरानी, कुरान सम्बन्धी।

alcove n. पर्णशाला, लतामण्डप, कुंज, निकुंज; कमरेकी दीवारमें मेहराबदार ताखा, आला; (विशे०) (स्पेनमें) शयन-मन्दिर, आराम-घर।

alder n. स्थूलवल्क, भिदुर, भूर्जबन्धु; आल्डरवृक्ष, पितृप्रादप, भोजपत्रकी जातिका एक पेड़ (दूसरे भी वृक्ष जो भोजपत्रसे सम्बन्धित नहीं हैं जैसे, *Black, White, Red* ~);
~ birch, ~ fly, ~ woods.

alderman n. उपनगरपाल, कलिक, नगरका उपशासक।

aldermancy n. उपनगराध्यक्षका पद, उपनगराध्यक्षता।

aldermanic a. उपनगरपाल सम्बन्धी।

aldermanry n. मुहल्ला, हल्का, वार्ड।

aldermanship n. उपनगरपालत्व, उपनगरपालका पद।

Alderney a. & n. चैनल द्वीपोंमें पोषित पशुओंसे सम्बन्धित; दोनों किस्मका व्यक्ति।

Aldershot n. ऐल्डरशाट, हैम्पशायरमें स्थायी सैन्य-शिविरोंके लिये प्रयुक्त।

Aldis a. विशेषणकी भाँति प्रयुक्त; ~ *lamp* संकेतार्थ लैम्प; ~ *lens* छोटे कैमरोंके लिये।

ale n. यवसुरा, जौकी शराब, माल्टसे बननेवाली शराब; सुरानन्द, रंगरेली; एक अमरीकी मछली जो हेरिंग मछली जैसी होती है; ~cost एक सुगन्धपूर्ण पौधा; ~-house मदिरालय, शराबखाना; ~-wife कलाली, मद्यका व्यवसाय करनेवाली स्त्री।

aleatory a. भाग्यके अधीन, भाग्यके भरोसे रहनेवाला।

aleconner n. शराब चखनेवाला, सुरा-निरीक्षक।

alectryomachy n. मुर्गेकी लड़ाई।

alee adv. & pred. a. सुरक्षित दिशाकी ओर, वायुके रुखसे परे, आड़में; जहाजके उस भागके ऊपर जो हवाके वेगसे सुरक्षित हो।

aleft adv. बाईं ओर, बाईं तरफ।

alegar n. खट्टी शराब; खट्टा पदार्थ।

alembic n. आसोता, अर्क उतारनेका काँच या धातुका भबका, कीप; (ला०) ~ *of fancy* कल्पनाका भबका।

alength adv. पूरी लम्बाईमें, पूर्ण लम्बानसे।

alepidote a. बिना परका; बिना परकी (मछली)।

aleria n. वाचनाक्षमकारी रोग, बोलकर पढ़नेकी क्षमता न रहना।

alert[1] n. सूचनापूर्ण पुकार, भय-सूचना, चेतावनी; *on the* ~ सतर्क, सावधान, चौकन्ना, चौकस।

alert[2] v.t. सतर्क करना, सावधान करना, होशियार करना; फुर्तीला बनाना।

alert[3] a. सतर्क, सावधान, सजग, जागरूक, होशियार, चौकन्ना, खबरदार; अतंद्र, चेतन, सजीव, जीवन्त; दक्ष; चपल, चंचल।

alertness n. चेतनता, सतर्कता, जागरूकता, सावधानी; दक्षता, होशियारी; स्फूर्ति।

alethiology n. विवेक-शास्त्र, सत्य और असत्यको बतानेवाली तर्कशास्त्रकी एक शाखा।

aleurometer n. समिता-मान; छः-ताला छन्द।

alexin n. कोशेद, शारीरिक तत्त्व जो रोगाणुको नष्ट करता है।

alexipharmic a. तत्त्व विशेष जो विषैलापन नष्ट करता है।

alexiteric a. विषनाशक तत्त्व।

alfalfa ⊙ n. चारेमें प्रयुक्त एक घास, ल्यूसर्न।

alfresco a. & adv. खुली जगह, खुलेआम (जैसे, ~ *launch*); खुले स्थानमें, आकाश तले।

alga n. (बहु० *algae*) शैवाल, सेवार, समुद्रकी घासपात।

algal, algoid aa. शैवाल सदृश, सेवार जैसा।

algebra a. बीजगणित; quadruple ~ चतुष्क बीजगणित।

algebraic(al) a. बीजीय, बीज-विषयक, बीजगणित-सम्बन्धी।

algebr(a)ist n. बीजगणित-विद्, बीजगणितज्ञ।

algesia n. दुःखानुभूति।

algid a. हिमवत्, शीतल, ठण्डा; (विशे०) जूड़ीतापकी ठण्डसे सम्बन्धित।

algidity n. शीतलता, ठण्ड, जाड़ा, जूड़ी, कँपकँपी।

algist, algologist nn. शैवाल-विशेषज्ञ, समुद्री घासपातका जानकार।

algological a. शैवाल विज्ञान-सम्बन्धी, समुद्री घासपात सम्बन्धी।

algology n. शैवाल-विद्या, सामुद्रिक पौधोंका अध्ययन।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

algor n. हिमवत्ता, अति ठण्डापन ।

algorism n. गणितशास्त्र; दशमलव पद्धति ।

algous a. सामुद्रिक उद्भिज-सम्बन्धी ।

alias n. & adv. उपनाम, उर्फ; नामेतर ।

alibi n. & adv. (क़ानून) अनुपस्थिति, अन्यत्रस्थिति, अन्यत्र उपस्थिति तर्क, अपराधके समय अन्यत्र होनेका बहाना ।

alicante n. स्पेनकी स्वादिष्ट शराब ।

alidade n. दर्शरेखक, ध्रुवदर्शक ।

alien[1] n. वैदेशिक, उपदेशीय, परदेशी, अपरिचित व्यक्ति ।

alien[2] a. परकीय, पराया, गैर; अन्यदेशीय, विदेशी (शासन); परदेशी; अदेशीकृत, निष्कासित, नागरिक-अधिकार वंचित, निकाला हुआ, ~ friend, ~ enemy विदेशी मित्र, विदेशी शत्रु; विरोधी, भिन्नप्रकृति, भिन्नस्वभाव, अलग; अरुचिकर, हेय, घृणित ।

alien[3] v.t. पृथक् करना, अलग करना; (क़ानून) स्वामित्व परिवर्तित करना, स्वत्व हस्तान्तर करना, सम्पत्ति-अधिकार बदलना ।

alienability n. पृथक्करणीयता, स्वत्व-हस्तान्तरण, बदलेजानेकी योग्यता ।

alienable a. पृथक्करणीय, हस्तान्तरणीय, अन्यक्रमणीय, देय, बदलने योग्य ।

alienage n. वैदेशिक या विरक्त अवस्था ।

alienate v.t. अन्तरित करना, पृथक् करना, परकीय बनाना, अलग कर देना; अन्यक्रामण करना, स्वत्व हस्तान्तर करना, स्वत्व परिवर्तन करना, स्वामित्व बदलना; फेर देना, मोड़ देना, हटा देना ।

alienated a. हस्तान्तरित, परिवर्तित, बदला हुआ ।

alienating pred. a. पृथक्कारी, परित्यागकारी ।

alienation n. वियोजन, अन्तरण, पृथक्करण; अन्यक्रामण, परकीयकरण, स्वत्व-हस्तान्तरण, स्वामित्व परिवर्तन; भिन्न अभिप्रायके लिए दिशा-परिवर्तन, फिराव, मोड़; (mental) ~ चित्तविभ्रम, विक्षिप्तता, उन्माद, पागलपन ।

alienator n. वियोजक, स्वामित्व हस्तान्तर करनेवाला ।

alience n. स्वत्वार्पित व्यक्ति, स्वत्व ग्राहक (जिसे सम्पत्ति हस्तान्तरित की जाये) ।

alienism n. विदेशिता, परदेशीपन; मानसिक रोगोंका अध्ययन और चिकित्सा ।

alienist n. मनोरोग-विशेषज्ञ ।

aliferous a. पक्षाकार, परवाला, परदार ।

aliform a. सपक्ष, परके आकारका ।

alight[1] v.i. अवतरित होना, उतरना, आ पड़ना ।

alight[2] a. ज्योतित, प्रकाशमय, प्रकाशित, रोशन; प्रज्वलित, दीप्त, जलता हुआ ।

align, aline १. v.t. पंक्तिबद्ध करना, श्रेणीबद्ध करना, कतारबन्दी करना; समरेखित करना, रेखाबद्ध करना, सीधा करना; २. v.i. पंक्तिबद्ध होना, श्रेणीबद्ध होना, सीधमें आना ।

alignment n. पंक्ति-बन्धन, रेखन, रेखांकन, संरेखण, एकरेखण, समरेखण, श्रेणीबद्धकरण, पंक्ति बाँधना; मार्ग-रेखा, सीध ।

alike[1] pred. a. सदृश, समरूप, तुल्य, समान, बराबर; एकरूप, एक-सा, एक प्रकारका ।

alike[2] adv. तुल्यतः, समानतः, समान रूपसे, एक ही प्रकारसे, एक ढंगसे ।

aliment n. साधारण व्यय; निर्वाह-व्यय; अधिदेय, भत्ता; आहार, पुष्टिकर पदार्थ, खाद्य, अन्न, भोजन, खूराक; (ला०) पोषण, पुष्टि, सहायता; मानसिक खाद्य ।

alimental a. पुष्टिकारक, पौष्टिक, शक्तिवर्धक, आहार-सम्बन्धी; खाद्य प्रदायक ।

alimentary a. पौष्टिक, पुष्टिकारक, पाचक, शक्तिवर्धक, खाद्य; ~ canal पोषिका, खाद्यनली, भोजन नलिका ।

alimentation n. पुष्टिकरण, पोषकत्व, भरण-पोषण; रोटी-पानी; निर्वाह, गुजारा ।

alimentative a. पोषणशील, पौष्टिक, शक्तिवर्धक ।

alimonious a. निर्वाहक या पोषक; निर्वाह-व्ययसे सम्बन्धित ।

alimony n. निर्वाह-व्यय; भरण-पोषण, आहार, भोजन, गुजारा ।

aline = ALIGN ।

aliped[1] n. पक्षपदीय जीव जैसे चमगादड़ ।

aliped[2] a. पक्षपदीय, झिल्लीदार ।

aliphatic a. स्निग्ध, चिकना ।

aliquant a. अपूर्ण विभाजक संख्या सम्बन्धी ।

aliquot n. पूर्ण विभाजक संख्या ।

alish a. शराबकी तरहका, दे० ALE.

alive adv. & pred. a. सप्राण, सजीव, जीता-जागता; सहजचेतन, सचेत, जागृत, सावधान; सक्रिय, कर्मठ, स्फूर्त, फुर्तीला, चंचल, तेज, मुस्तैद (जैसे, ~ *look*); परिपूर्ण, भरा पूरा, भरा हुआ (जैसे, *river ~ with boats*); कोई भी ।

alizarin n. रासायनिक उपायोंसे बना लालरंग ।

alkalescence, alkalescency nn. क्षारीभाव, छारपन ।

alkalescent a. & n. कुछ-कुछ क्षारगुण-युक्त (पदार्थ) ।

alkali n. क्षार, खार, रेह, सज्जी; क्षारक, अलकली; दाहक सोडा, दाहक पुटाश या अन्य क्षारीय पदार्थ;
~ albumin, ~ albuminates, ~ azurine, ~ black, ~ blue, ~ blue base, ~ blueblack, ~ bordeaux, ~ brilliant blue, ~ brown, ~ cellulose, ~ chrome blue, ~ crimson, ~ dark brown, ~ deep black, ~ disease, ~ fast green, ~ fast red, ~ fast yellow, ~ garnet, ~ green, ~ land, ~ metal, ~ method, ~ mode brown, ~ new blue, ~ new brown, ~ orange, ~ pink, ~ purple red, ~ red brown, ~ reserve, ~ rubine, ~ soil, ~ waste.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS३२

alkalifiable a. खारमें परिणत करने योग्य।
alkalify v.t. क्षार बनाना, खारमें परिणत करना।
alkaligenous a. क्षार-सम्बन्धी।
alkalimetry n. क्षारमिति, क्षारकी तीव्रता की अनुमिति।
alkaline a. क्षारीय, खारी, नमकीन, सज्जीका; क्षारकी प्रकृतिका, खार सा; ~ metals क्षारमय धातु।
alkalinity n. क्षारयुक्त गुण।
alkalize v.t. क्षार बनाना, क्षारयुक्त करना।
alkaloid n. वनस्पतियोंका मूलतत्त्व।
alkanet n. मेंहदी या मेंहदीका रंग, हिना।
Alkoran n. कुरान, मुसलमानोंकी धर्मपुस्तक।
all*[1] n. सब*, सारा, सभी आदमी, सम्पूर्ण, कुल, प्रत्येक (जैसे, ~ *of it*, ~ *of us*); सारा, बस, सबका सब (जैसे, *that is* ~; ~ *is lost*)।
all[2] a. सम्पूर्ण, अखिल, सब, सारा, कुल, पूरा (जैसे, ~ *day*, ~ *his life*); सर्वाधिक, अधिकतम, यथासम्भव (जैसे, ~ *speed*); ~ clear संकेत, जिससे पता चले कि शत्रुके वायुयानसे कोई संकट नहीं है; A~ father सर्वपिता, परमात्मा, ईश्वर; ~ fool's day (दि०); ~ in श्रान्त, क्लान्त, थका हुआ; ~ in ~ सब मिलाकर; ~ one बराबर, एक-सा (जैसे, *it is* ~ *one to me*); ~ out सम्पूर्ण शक्ति और साधनोंके साथ (जैसे, *he was going* ~ *out*); ~ over सर्वत्र, सब जगह ⊙ =OVER; ~ overish सारे शरीरसे रुग्ण; ~ right यथेष्ट, सन्तोषप्रद, सुरक्षित, ठीक, अच्छी दशामें; (धमकी) अच्छा देखा जायगा, ठीक है; ~ round सर्वकार्य-कुशल, हरफन मौला (जैसे, ~ *round sportsman*); ~ *along of* (गँवारू) निमित्त, कारण; ~ *around* ⊙ सर्वतः, चारों ओर; ~ *but* लगभग, करीब-करीब (जैसे, ~ *but impossible*, *he was* ~ *but drowned*); *all in* ~ सर्वस्व, सर्वप्रधान, सर्वेसर्वा; ~ *the same* एक-सा, बराबर (जैसे, *its* ~ *the same to me whether he comes or not*); तथापि, तो भी, खैर, (जैसे, *he was punished* ~ *the same*); ~ *the time* ⊙ सदा, सर्वदा; ~ *the way* ⊙ कुत्रापि, कहीं भी; ~ *up* वायुमण्डलमें रहनेपर, यन्त्रचालक, यात्री तथा लदे हुए मालका भार; ~ *very fine or well*; *at* ~ किसी तरहसे भी, बिल्कुल (जैसे, *not at* ~); *in* ~ सब मिलाकर; *one & ~*, ~ *& some* (प्राची०), ~ *& sundry* सभी, व्यक्तिगत रूपसे और सामूहिक ढंगसे।
all[3] adv. पूर्णतया, पूरी तरहसे, बिल्कुल (जैसे, *dressed* ~ *in white*) ⊙।
allay v.t. निराकरण करना, उपशमन करना, दमन करना, शान्त करना, दबाना।
allayment n. निराकरण, शमन।
allegation n. अभिकथन, अभियोग, मिथ्याभियोग, आरोप, दोषारोप; निश्चय कथन, कारण-प्रदर्शन, बयान, दलील।
allegator, alleger n. अभियोगी, अभिकथयिता, दोषारोपी, मिथ्या-अभियोग लगानेवाला।
allege v.t. दृढ़तापूर्वक कहना, प्रतिज्ञापूर्वक कहना, आरोप करना, अभियोग लगाना; तर्क करना, बहस करना, दलील पेश करना।
allegeable a. तर्क करने योग्य।
alleged a. अभिकथित, आरोपित (जैसे, ~ *offence*)।
alleger =ALLEGATOR।
allegiance n. राजभक्ति, राजनिष्ठा, राजाज्ञाकारिता, राज्यास्था; अनुषक्ति, निष्ठा, भक्ति।
allegiant a. & n. राजभक्त; स्वामिभक्त; देशभक्त; सत्यनिष्ठ।
allegoric a. रूपकमय, अन्यापदेशिक।
allegorical a. अन्योक्ति-सम्बन्धी, रूपक-सम्बन्धी।
allegorically adv. रूपकतः, दृष्टान्ततः, रूपककी तरह।
allegorist n. अन्योक्तिकार, रूपक शैलीका रचनाकार या मर्मज्ञ, अलंकारमें चतुर।
allegorization n. अलंकरण।
allegorize v.t. & i. अन्योक्ति या रूपकके रूपमें वर्णन करना, अन्योक्ति या रूपक बनाना, दृष्टान्त देना।
allegory n. अन्योक्ति, अन्यापदेशक, रूपक; प्रतीक, लक्षण, चिह्न।
allegro a. & adv. प्रसन्न, आनन्दसे, प्रसन्नतासे।
allergic a. व्युत्साहसे सम्बन्धित या अत्यनुवर्तनसे उत्पन्न; (बोल०) अनुभूतिशील, सूक्ष्मग्राही; (विशे०) असहानुभूतिपूर्ण।
allergy n. (औषध) व्युत्साह, अत्यनुवर्तन, अपरोज, टीका, अत्यधिक अनुभूति।
alleviate v.t. कम करना, धीमा करना, हल्का करना।
alleviation n. प्रशमन, दुःख-निर्वापण, सान्त्वना; घटाव, कमी।
alleviative, alleviatory aa. शमक, सान्त्वनायुक्त, परित्राणयुक्त, शान्तिप्रद, कम करनेवाला, धीमा करनेवाला।
alleviator n. न्यून या कम करनेवाला मनुष्य।
alley n. उपवीथी; वीथी, गली ⊙; वीथिका; उपवीथिका, छोटी गली ⊙; रथ्या, सड़क; उपरथ्या, छोटी सड़क, पटरी; मार्ग, रास्ता; उपमार्ग, तंग रास्ता; जनमार्ग; उच्चमार्ग, उद्यानपथ; एकपदी, पगडण्डी; पार्श्वमार्ग; पदमार्ग; blind ~ अंधी अथवा बन्द गली, ऐसे स्थान जहाँ skittles आदि खेले जाते हैं।
Alleynian n. डलविच कालेजका सदस्य।
All Fool's Day n. अप्रैल मासका पहला दिन।
allfours n. ताशका एक खेल।
All-Halloween n. अक्टूबर मासकी ३१ तारीखवाला दिन।
All-Hallow(s)[1] n. नवम्बर मासका पहला दिन।
All-Hallow(s)[2] n. पवित्र आत्माएँ, स्वर्गीय आत्माएँ (जैसे, ~*s' day*, ~ *mass*)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

alliaceous a. लहसुन या प्याज आदिकी जातिका, लहसुन आदिकी बू या स्वादवाला।

alliance n. सख्य, मैत्री; सन्धि-सन्धान, सुलह, समझौता; वैवाहिक सम्बन्ध, नाता, रिश्ता, मेल, नातेदारी, रिश्तेदारी; प्रकृति या गुणोंकी समानता, एकरूपता।

allied a. सम्बद्ध, संमिश्रित, समान (जैसे, ~ *products*)।

allies n. संमित्र, मित्रराष्ट्र।

alligate v.t. संयोजित करना, जोड़ना, मिलाना।

alligation n. समुच्चय, संयोग, जोड़, मेल; सम्बन्धन, संगठन, एक साथ बाँधना; मिश्रण गणित।

alligator n. नक्र, ग्राह, घड़ियाल; मकर, मगरमच्छ।

alliteral a. समध्वनि, एक प्रकारकी ध्वनिवाला।

alliterate v.i. अनुप्रास लगाना।

alliteration n. अनुप्रास, वर्णावृत्ति।

alliterative a. अनुप्रास-सम्बन्धी, अनुप्रासका।

allocable a. नियत करणीय, निर्धारित करने योग्य।

allocatable = ALLOCABLE।

allocate v.t. नियत करना, निर्धारित करना, ठहराना, बँटवारा करना; विनिहित करना, स्थान नियुक्त करना, निश्चित करना, कायम करना।

allocated a. आवंटित; निर्धारित, विनिहित, नियुक्त, निश्चित।

allocation n. आवंटन, विभाजन, वितरण, बाँट; विनिधान; नियुक्ति, निर्धारण, नियति, व्यवस्था।

allocature n. एक प्रकारकी अदालती डिग्री।

allochroous a. परिवर्तनीय (रंग)।

allocution n. प्रवचन, उपदेश, उपदेशात्मक व्याख्यान।

allodial a. (जायदाद) स्वतन्त्र, स्वायत्त, निरधीन (जैसे, ~ *land* निरधीन भूमि)।

allodium n. स्वायत्त भू-सम्पत्ति, निष्कर भू-सम्पत्ति, स्वाधीन सम्पत्ति, स्वतन्त्र जागीरदारी।

allogamous a. कलमबंद, कलम लगानेसे सम्बन्धित।

allogamy n. विषम विवाह, संकर या भिन्न जाति संयोग, पैवन्द, कलमबन्दी, वनस्पतिमें कलम लगानेकी प्रथा।

allograph n. अन्यलेख, दूसरेकी ओरसे किसीके द्वारा लिखा हुआ लेख।

allomorph n. कई तत्त्व रखनेवाला द्रव पदार्थ; अपर रूप।

allonge n. अपर पत्र, हुंडी आदिपर लगा हुआ अतिरिक्त कागज।

allopath n. एलोपैथीका चिकित्सक अथवा डाक्टर।

allopathic a. एलोपैथीसे सम्बन्धित।

allopathist n. एलोपैथीका विशेषज्ञ, डाक्टर।

allopathy n. विषम चिकित्सा, डाक्टरी प्रणाली (होमियोपैथीका विलोम), एलोपैथी।

allot v.t. निर्धारित करना, निश्चित करना, नियत करना, नियुक्त करना, जिम्मे करना; वितरित करना, विभक्त करना, विभाजित करना, बाँटना, देना।

allotheism n. अपरदेवपूजा, अज्ञात या विचित्र देवताओंकी पूजा।

allotment n. वण्टन, वितरण, विभाजन, बँटनी, बाँट; नियतन, निर्धारण; प्रदत्त अंश, भाग, हिस्सा; प्रारब्ध, भाग्य, किस्मत;
~ book, ~ certificate, ~ letter, ~ note, ~ order, ~ register, ~ rule, ~ system, ~ variation.

allotrope n. अपररूप, कार्बन आदि तत्त्वोंके रूपका।

allotropic, -cal aa. अपररूपी, अपररूपता सम्बन्धी।

allotropism n. अपररूपवाद।

allotropy n. अपरावर्तना, अपररूपता (पदार्थको बिना बदले ही भौतिक विशेषताओंका रूपान्तर)।

allottable a. वण्ट्य, बाँटने योग्य, विभाग करने योग्य।

allotted a. वण्टित, सौंपा गया, नियत।

allottee n. वण्टिती, नियत भागी, हिस्सा पानेवाला।

alloverishness n. अशक्तता, शारीरिक असुविधा।

allow v.t. & i. अभ्यनुज्ञा देना; देना; सम्मति देना, धारणा बनाना, विचार कायम करना ⊙; अनुमति देना, होने देना; सहमत होना; अनुज्ञा देना, आज्ञा देना; समनुज्ञा देना; सहन करना, समाई होना, गुंजाइश होना; स्वीकार करना, मानना, कबूलना; निश्चित अवधि-बद्ध पैसा देना (जैसे, ~ *him Rs. 200 a year*); कम करना, घटाना; ~ *for* विचार रखना, कम या अधिक करना, जोड़ना या घटाना; ~ *me* अनुज्ञेय (सेवाके लिए प्रस्तुत होनेका औपचारिक ढंग)।

allowable a. अनुमोद्य, स्वीकार्य; उचित; घटाने-बढ़ाने योग्य।

allowableness n. स्वीकरणीयता; अनुमोदनीयता।

allowance[1] n. अनुमोदन, अनुमति, आज्ञा, सहिष्णुता, सहनशीलता; अधिदेय, वृत्ति, भत्ता; अवधान, कमी, छूट, मुजरा; *make* ~ *for* गुंजाइश निकालना।

allowance[2] v.t. भत्ता देना; सहायतार्थ व्यवस्था कर देना, निश्चित मात्रामें कोई वस्तु देना; मुजरा देना।

allowed a. अभ्यनुज्ञात, अनुमत।

alloy[1] n. मिश्रधातु, धातु-मिश्रण, धातु-संकर, कुप्य, खोट; भरन, मेल; स्तर, गुण (सोने या चांदीका); (विशे०) (सोने और चांदीसे) मिली हुई निचले प्रकारकी धातु।

alloy[2] v.t. भरन करना, मिश्रण करना; विकृत कर देना, खोटा कर देना; धातु मिश्रण करना, शुद्ध धातुमें अशुद्ध धातुको मिलाना, खोट मिलाना।

allseed n. बीज देनेवाले विभिन्न पौधे।

All Souls' Day n. नवम्बरकी दूसरी तारीखको होनेवाला त्यौहार।

allspice n. गन्धद्रव्या, लवंग-बदर, अन्य सुगन्धित झाड़ियां (जैसे, *Carolina* ~, *Japan* ~, *Wild* ~)।

allude v. i. परोक्ष-निर्देश करना, संकेत करना, सुझाना; ~ *to* आशय होना, अर्थ होना, संकेत होना, इशारा होना।

alluminate v.t. आभूषणोंसे सजाना।

allure[1] n. प्रलोभन, आकर्षण, आकर्षिता, रिझाव, मोह।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

allure[2] v.t. आकृष्ट करना, खींचना, रिझाना, मोह लेना; प्रलोभन देना, मोहित करना, लुभाना, फुसलाना, ललचाना।

allurement n. प्रलोभन, लोभ, लुभाव, ललचाव; आकर्षण, खिंचाव, रिझाव।

allurer n. प्रलोभक, मोह लेनेवाला।

alluring n. मोही, मोहक (जैसे, ~ *colour* मोही रंग)।

allusion n. संदर्भ, इंगित, निर्देश, संकेत, इशारेकी बात।

allusive a. सन्दर्भयुक्त, उल्लेखमय, जिसमें गूढ़ संकेत हों; ~ arms अस्त्र-शस्त्र जिनपर धारण करनेवालेके नामके चिह्न हों।

allusiveness n. संदर्भिता, सांकेतिकता, सूचनात्मकता, उल्लेखपूर्णता।

allusory a. संदर्भयुक्त, संकेत-सूचक।

alluvia n. = ALLUVION.

alluvial a. जलस्थ, जलोढ़, कछारी, सैलाबी, बाढ़की मिट्टीका।

alluvion n. आवृद्धि, आवर्द्धन; जलोढ़ मिट्टी, बाढ़के द्वारा लायी हुई मिट्टी; प्रवाह, समुद्र या नदीकी लहरोंका तट या किनारेसे टक्कर।

alluvium n. जलोढ़, कछार, बाढ़की मिट्टी, बालू आदिका जमाव।

allwise a. अनन्त बुद्धिवाला।

ally[1] n. सम्बन्धी, सम्बद्ध, मित्र व्यक्ति या राज्य, साथी।

ally[2], **alley** nn. अँटा-बँटा, संगमरमर आदिकी बनी खेलनेकी गोलियाँ।

ally[3] v.t. सम्बन्धी बनाना, मैत्री करना; सम्मिलित करना, जोड़ना, मिलाना; ~*ied to* सम्बन्धित।

alma n. ईजिप्ट देशकी नृत्य करने और गानेवाली लड़की; निचोड़, सार, आत्मा।

almadie n. डोंगी, एक तेज बहनेवाली भारतीय नाव।

Alma Mater n. मातृसंस्था, विश्वविद्यालयों और विद्यालयोंके लिए व्यवहृत शब्द।

almanac n. पंचांग, तिथि-पत्र, जंत्री, पत्रा।

almanographer n. पंचाङ्ग बनानेवाला, ज्योतिषी।

almightiness n. सर्वशक्तित्व, सर्वशक्तिमत्ता।

almighty a. & adv. सर्वशक्तिमान A~ God; (विशे०) the ~ महान्, बड़ा; (adv.) प्रचुरतासे, बहुतायतसे।

almond n. बाताम, बादाम; बादामके आकारकी कोई वस्तु; ~ (Tumbler) कबूतरकी विशेष किस्म, लोटन; ~-leaved willow, ~ oil, ~ tree, ~ willow.

almonds n. (बहु०) गलेके किनारोंपर निकलनेवाली गिल्टी।

almoner n. भिक्षावितरक, दानाधिकारी, सदाव्रत बाँटनेवाला; धर्माधिकारी; चिकित्सा एवं समाज सेवाके कार्यकर्ता; *Hereditary Grand A~, Lord High A~* ग्रेट ब्रिटेनके राजकीय परिवारके अधिकारी।

almonry n. लंगरखाना, सदाव्रत बाँटनेका स्थान।

almost* adv. लगभग*, प्रायः, करीब-करीब; कठिनतासे, मुश्किलसे ⊙।

alms n. धर्मदान; दयादान, भिक्षा, भीख; ~folk, ~man दानार्थी, भिक्षुक; भिखारी, भिखमंगा; ~-giving भिक्षादान, भीख देना; ~-house अनाथालय, धर्मशाला, भिक्षागृह; लंगरखाना ⊙।

almug = ALGUM.

alnager n. कपड़ेकी जाँच करनेवाला सरकारी अधिकारी।

aloe n. कुमारी प्रजाति, कुमारिक, घृतकुमारी, घीकुवाँर; केतकी, अगरु, मुसब्बर, दंदार; घीकुवाँरके समान पौधे; ~ bedstead covers, ~ fibre, ~s green, ~ mat, ~-pounding, ~ rope, ~ twine, ~'s wine, ~'s wood.

aloes n. एक प्रकारकी रेचक ओषधि जो घीकुवाँरके अर्कसे बनती है; ~ wine कुमारी-द्राक्षिरा; ~ wood अगुरु।

aloetic n. & a. (औषध) जिसमें घीकुवाँर मिला हो, कौमारिक।

aloft adv. & pred. a. ऊर्ध्व, उच्च, ऊपर, शून्यमें, आकाशमें, ऊपरकी ओर; मस्तूलके शिखरपर।

alogical a. तर्कशास्त्रकी सीमाके बाहर, तर्कहीन।

alone adv. & pred. a. केवल मात्र; एकाकी, अकेला, एक; एकमात्र, केवल एक; *let, leave* ~ हस्तक्षेप न करना, अलग रखना; दखल न देना।

along adv. & prep. साथ-साथ, किनारे-किनारे, एक सिरेसे दूसरे सिरे तक; आगेकी ओर, सीधे (जैसे, *get* ~); लम्बानमें, लम्बाईमें; ~-ships आगे पीछे संचालित जहाज; ~side पार्श्वमें, समीप, निकट, पास-पास, बराबर-बराबर, बाजूमें; *all* ~ निरन्तर, सभी समय; *(all)* ~ *of* (गँवारू)के कारण; ~ *with* साथ-साथ, संग-संग, बराबरमें।

aloof adv. &. pred. a. पृथक्, परे, न्यारा, दूर, अलग (जैसे, *stand, keep, hold* ~); (नौवि०) हवाके रुखकी ओर (जैसे, *spring* ~)।

aloofness n. औदासीन्य, एकाकीपन, पृथक्त्व, अलगपन, अलगाव, दूरी।

alopecia n. खल्वाटता, केशाभाव, गंजापन।

aloud adv. उच्च स्वरसे, जोरसे चिल्लाकर; प्रकट रूपमें; घोषणापूर्वक, खुले आम।

alow adv. (नौवि०) नौकाके निचले भागमें या उसके भीतर।

alp n. पर्वत-शिखर, पहाड़की चोटी।

alpaca n. ऊर्णोष्ट्र (लम्बे ऊनी बालोंवाला एक तरहका जानवर), अमरीकी ऊँट; उसका ऊन; अल्पाका कपड़ा।

alpenstock n. कुल्हाड़ी विशेष जो आल्प्सपर पर्वतारोहणके लिए काम आती है।

alpha n. ग्रीक वर्णमालाका प्रथम अक्षर; A~ *& Omega* आरम्भ और अन्त; नक्षत्र समूहमें मुख्य तारा; ~ plus उत्तमोत्तम, अत्युत्तम, अति श्रेष्ठ, बहुत बढ़िया; ~ rays एलफा किरण;

~ cellulose, ~drop testing machine, ~ iron, ~ naphthol, ~ particle, ~ stems.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

alphabet n. वर्णमाला, ककहरा; प्राथमिक सिद्धान्त।
alphabetic a. वर्णानुक्रमिक, वर्णमाला-सम्बन्धी।
alphabetical a. वर्णक्रम-विषयक, वर्णमालाका (जैसे, ~ *order* वर्णमालाका क्रम)।
alphabetology n. वर्णमाला-विज्ञान।
alpine a. पर्वतीय; आल्प्स या किसी ऊँचे पहाड़का।
alpinist n. पर्वतारोही, आल्प्स पर्वतपर चढ़नेवाला।
already adv. प्राक्, पुरा, पूर्वसे ही, पहलेसे, पहले ही; अबतक, अभीतक।
alsike n. रामपर्ण, एक प्रकारकी तिनपतिया घास।
also adv. अपि, भी, साथ ही, अतिरिक्त, अलावा, और; ~ran ऐसे व्यक्ति जो कोई विशिष्टता प्राप्त करनेमें असफल रहे हों।
alt n. तार स्वर, उदात्त स्वर, ऊँचा सुर; (विशे०) *in* ~ पंचमसे ऊपरके स्वर; (ला०) *in* ~ उत्तेजना पूर्ण दशामें, तरंगमें, जोशमें; ~-horn तुरहीके प्रकारका पीतलका एक भोंपू।
altar n. वेदी, यज्ञवेदी, बलिवेदी, पूजाका स्थान, पूजाकी मेज; ~-cloth वेदीपट, वेदीका आच्छादन, रेशमी वस्त्र जो पूजाके समय प्रयुक्त होता है; ~-piece यज्ञकी वेदीके पीछेका परदा या चित्रकारी: *lead to the* ~ विवाह करना, शादी करना।
altarage n. (वेदीपर चढ़ाया) उपहार, बलि, भेंट, प्रसाद।
altarpiece n. वेदीपर प्रतिष्ठित एक कलापूर्ण मूर्ति।
altarwise adv. वेदीके ढंगपर, वेदीकी भाँति।
alter v.t. & i. आपरिवर्तन करना, विकार करना, रूपान्तर करना, अदल-बदल करना; अवस्थांतरित होना या करना, परिवर्तित होना, बदल जाना।
alterability n. परिवर्तनीयता, परिवर्तन-योग्यता।
alterable a. परिवर्तनीय, बदलने योग्य।
alterableness n. = ALTERABILITY, अदल-बदल।
alterant[1] n. विकल्प।
alterant[2] a. परिवर्तनक्षम, परिवर्तनकारक, बदलनेकी शक्तिवाला, परिवर्तनकारी, बदलनेवाला।
alteration n. परिवर्तन, अदल-बदल, हेर-फेर।
alterative[1] n. पाचनको परिवर्तित करनेवाली ओषधि या चिकित्सा।
alterative[2] a. परिवर्तनाकांक्षी, परिवर्तनेच्छु, विकल्प-कामी, पक्षान्तर चाहनेवाला; परिवर्तनशील, परिवर्तन-कारी।
altercate v. i. विवाद करना, कलह करना, झगड़ा करना, तू-तू मैं-मैं करना।
altercation n. वादानुवाद, वाग्युद्ध, विवाद, वितण्डा, झगड़ा, रार।
altercative a. विवादपूर्ण, झगड़ालू।
altered a. परिवर्तित, पक्षांतरित, बदला हुआ।
alterego n. द्वितीय आत्मा, घनिष्ठ मित्र।
altern a. & adv. बारी-बारी, = ALTERNATE[2]।
alternate[1] ⊙ n. = ALTERNATIVE.
alternate[2] v.t. & i. एकान्तर करना, बारी-बारीसे रखना, एकके बाद दूसरेको लाना; एक वस्तुको दूसरी वस्तुके द्वारा बारी-बारीसे बदल देना।
alternate[3] a. प्रत्यावर्ती, एकान्वेक, एकान्तरिक, एकान्तर; वैकल्पिक, अन्यतर, एवजी (जैसे, ~ *representative*); अन्योन्यानुगामी, परस्परानुवर्ती; (प्राणि०) ~ generation पर्याय क्रमसे प्रजनन; ~ angles, ~ leaves, पर्याय क्रमिक पत्र; डण्ठल या रेखाके दोनों ओर पत्तियाँ या कोणका एक-दूसरेके बाद होना।
alternation n. अन्योन्यानुगमन, परस्परानुगमन, एकान्तरण, अदल-बदल, फेर-फार।
alternative १. n. विकल्प, पक्षान्तर, शेष उपाय, दूसरी सूरत; २. a. पर्याय, पर्याय क्रमागत, वैकल्पिक, दूसरा।
alternativeness n. यथाक्रमता, वैकल्पिकता।
alternator n. (बिजलीकी) प्रत्यावर्तक धारा (A. C.) उत्पन्न करनेका एक प्रकारका यन्त्र, प्रत्यावर्तक।
alternipinnate a. असन्मुख पक्षवत्, तनेके दोनों ओरकी पत्तियाँ होना।
although conj. यद्यपि, हालाँकि।
altigraph n. उन्नतांश लेख, ऊँचाईकी नाप रखनेका यन्त्र।
altimeter n. तुङ्गतामाप, उच्छ्रायमान, वैमानिकीका आरोहमापक, उन्नतांश मापक, उच्चता परिमापक यन्त्र (जिसमें समुद्र तलसे उच्चताका विवरण मिलता है)।
altiscope n. उन्नतांश वीक्षक, ऊँचाई देखनेका यन्त्र।
altisonant a. बड़बोला, ऊँची ध्वनिका।
altitude n. गम्भीरता, गहराई; उन्नतांश, तुङ्गता, उच्चता, उँचाई; उच्च स्थान, ऊँची जगह; (रेखा०) अवलम्ब; (ला०) महत्त्व, श्रेष्ठता।
altitudinal a. अवलम्बमान; उन्नतांशीय, उच्चता-विषयक, उँचाई।
altitudinarian a. आदर्शवादी; ऊँचा, जिसका सम्बन्ध ऊँचाईसे रहता हो।
altivalent a. ऊँचा उड़नेवाला।
alto n. उदात्त पुरुष-ध्वनि, निखाद, टीप; पुरुष-ध्वनिका गीत; उसी प्रकारकी नारी-ध्वनि; पुरुष-ध्वनिवाला बेला या वायोलिन; ~-clarinet, ~-trombone विशेष प्रकारका बाजा, बलैरिनिट अलगोजा।
altogether १. adv. सर्वशः, सर्वथा, सम्पूर्णतः; पूरी तरहसे, निरा, बिल्कुल; २. n. an ~ सम्पूर्ण, पूरा, एक; the ~ नग्न, नंगा।
alto-relievo n. उद्गत शिल्पकर्म, उभरा हुआ चित्र या मूर्ति, उभरी हुई नक्काशी।
altruism n. निःस्वार्थता, परोपकारिता, परोपकारवाद, परहितवाद; परार्थ, परमार्थ, उपकार, परमार्थवाद।
altruist n. निःस्वार्थी, परमार्थवादी, परहितवादी।
altruistic a. परहितवाद-परक; परमार्थवाद-सम्बन्धी।
alula n. लघुपक्ष, एक प्रकारके छोटे पंख।
alum n. स्फटिका, फिटकिरी; फिटकिरीयुक्त नमक; फिटकिरी मिश्रित नमकके यौगिकोंकी शृंखला; (खनिज०)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

शुद्ध फिटकिरी और अर्धशुद्ध फिटकिरी, अनेक स्थानीय खनिज;
~ cake, ~ carmine, ~ earth, ~ flower, ~-root, ~ rock, ~ shale, ~ slate, ~ stone.

alumina n. स्फटिकजा, स्फटिक मिट्टी, ऐल्यूमिना।

aluminated a. स्फटिकीय पदार्थोंसे बना हुआ।

aluminic a. स्फाटिक, फिटकिरीका।

aluminiferous a. फिटकिरीयुक्त, स्फटिकायुत।

aluminium, aluminum ⊙ nn. अलमीनियम (हल्की सफेद रंगकी श्वेत-धातु जो बर्तन बनानेके काम आती है और एक मिश्रित-धातुके रूपमें प्रयुक्त होती है); ~ bronze ताँबे और अल्मीनियमका यौगिक रूप;
~ acetate, ~ ammonium, ~ basin, ~ borate, ~ bromide, ~ carbide, ~ chloride, ~ dish, ~ family, ~ filings, ~ fry pan, ~ gold, ~ gridiron, ~ hydroxide, ~ industry, ~ iodide ~ nitrate, ~ ore, ~ oxide, ~ paint, ~ phosphate, ~ potassium, ~ powder, ~ resinate, ~ scoop, ~ scarp, ~sheet, ~silicate, ~sodium sulphate, ~ sulphate, ~ sulphide, ~ torch, ~ tray, ~ turnings, ~ ware, ~ wire.

aluminous a. स्फटिक मिट्टी जैसा, फिटकिरीवाला फिटकिरीका-सा।

alumna n. स्नातिका, उपाधि प्राप्त विदुषी।

alumnus n. (बहु० alumni) स्नातक; विद्यार्थी ⊙।

aluta n. मुलायम चमड़ा जो फिटकिरीसे साफ किया गया है।

alveary n. मधुकोष, मधुका छत्ता; कोष, शब्दकोष; उद्योगी व्यक्तियोंसे परिपूर्ण स्थान; (शा०) कर्णविवर।

alveate v.t. कोषमय करना, पोला बनाना।

alveolar a. वर्त्स्य; छोटे गड्ढे या छिद्रसे सम्बन्धित।

alveolate a. मधुकोषीय; दन्तकोटर सदृश; क्षुद्र छिद्रयुक्त, छिद्रिल।

alveoli n. दाँतका खोड़रा।

alveolus n. वर्त्स, दन्तगुहा; लम्बालु, क्षुद्रकोटर, खोल; एक तरहकी मछलीका नोकदार कोष्ठक।

alvine a. औदरिक, तुन्दि-विषयक, उदर-सम्बन्धी, तोंदका।

always adv. नित्य, निरन्तर, सर्वदा, सदैव, सदा, हमेशा; प्रत्येक समय, सभी अवसरोंपर।

am v.t. & i. हूँ, दे० BE।

amacratic a. एक केन्द्रपर प्रकाशकी किरण डालनेवाला।

amain adv. द्रुतगतिसे, वेगमें, बहुत जल्दीसे; उत्तेजनासे, बहुत जोरसे।

amalgam[1] n. संरस, पारद रंजन (जैसे, *gold* ~), पारद मिश्रित धातु संरस; किन्हीं पदार्थोंका प्लास्टिक मिश्रण (ला० भी)।

amalgam[2] v.t. =AMALGAMATE.

amalgamate[1] v.t. & i. संरसीकृत करना, पारद रंजित करना, धातुओंको पारेके साथ मिश्रित करना; संमिश्रण करना, मिश्रित होना, मिलाव करना, मिलाना या मिलना; संमिलन करना, सम्मिलित करना, जोड़ना, मिलाना।

amalgamate[2] a. =AMALGAMATED.

amalgamated a. संरसीकृत, संरसित, संमिश्रित, समामेलित, एकीकृत, मिला-जुला।

amalgamation n. संरसन, संरसीकरण, पारद रंजन; संरसना; सम्मिश्रण, मिश्रण; समामेलन, एकीकरण, मिलाव; वर्णसंकरण, जाति-मिश्रण (विशे० नीग्रो और श्वेतांगियोंका) ⊙।

amlgamative a. समामेली, मिश्रणशील, मिलाने वाला, जिसमें मिलानेकी विशेषता हो।

amalgamator n. संरसक, मिश्रण करनेवाला; ~ machine संरसित्र (संरसन-यंत्र)।

amalgamist n. संरसयिता, मिलाने वाला।

amalgamization n. =AMALGAMATION.

amalgamize =AMALGAMATE.

amandine n. बादामकी बत्ती या अंगलेप; मीठे बादामका प्रोटीन या प्रोभूजिन।

amanuensis n. लिपिक, लेखक, लिपिबद्ध करनेवाला, मुंशी।

amarant(h) n. पारिजात पुष्प; अम्लान पुष्प, प्रवास्तुक; फूलोंका एक प्रकार; बैंगनी रंग।

amarant(h)ine a. अम्लान पुष्पीय, सदाबहार, पारिजात पुष्प सम्बन्धी, बैंगनी रंगका।

amass v.t. संचय करना, संग्रह करना, जोड़ना, समेटना; एकत्र करना, राशि लगाना, ढेर लगाना।

amassable a. संचेय, संग्रह-योग्य।

amassment n. संचय, संग्रह, ढेर।

amateur n. प्रेयानुशीली, कलाप्रेमी, अनुरागी, शौकीन।

amateurish a. कलाप्रिय, प्रेमी, शौकिया।

amateurishness n. कलाप्रियता, शौकीनी।

amateurism n. प्रेयानुशीलन, कलाप्रियतावाद, शौकीनी।

Amati n. (क्रिमोनाके अमाती कुटुम्ब द्वारा निर्मित) वायोलिन।

amative a. प्रणयी, प्रेमशील, शृंगारी, कामुक।

amativeness n. प्रणयशीलता, प्रेमशीलता, शृंगारप्रियता, कामुकता, कामवासना।

amatol n. तिराल स्फोट (एक प्रकारकी तेज बारूद)।

amatorial a. प्रेमोत्पादक; प्रेम-विषयक।

amatory a. प्रेम-विषयक या विलास-सम्बन्धी, वासनापूर्ण, प्रेम अथवा प्रेमी विषयक।

amaurosis n. दृष्टिहीनता, थोड़ी या कुल आँखकी ज्योतिका चला जाना, अन्धापन, तिरमिरा।

amaurotic a. मन्ददृष्टि, दृष्टिहीनता-सम्बन्धी, अन्धेपनका।

amaze[1] n. (का०)=AMAZEMENT.

amaze[2] v.t. विस्मित करना, विस्मयाभिभूत करना, विस्मय-विकलित करना, आश्चर्यान्वित करना, हक्का-बक्का करना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

amazed a. विस्मित, विस्मयाभिभूत, भौचक्का, हक्का-बक्का।

amazedness n. विस्मय।

amazement n. विस्मय, विस्मयाभिभूति, वैकल्य, आश्चर्य, अचम्भा, ताज्जुब।

amazing a. विस्मय-जनक, विचित्र, आश्चर्यजनक।

amazon n. रणचण्डी, रणप्रिय स्त्री; पुरुषोचित आचरण करनेवाली नारी, मर्दानी औरत।

amazonian a. समरानुरागिनी, रणप्रिया; पुरुषोचित आचरणवाली।

ambages n. वक्रोक्ति, व्यंग्य।

ambagious a. हेरफेरका, वक्र।

ambagiousness n. हेरफेर।

ambassador n. प्रणिधि, राजदूत, एलची, असामान्य राजदूत, विशेष राजदूत (किसी विदेशी राजदरबारमें स्थायी रूपसे किसी स्वतन्त्र राज्यका प्रतिनिधित्व करनेवाला राजदूत), वाणिज्य-दूत; दूत; निसृष्टार्थ कार्यदूत; अमात्य, पूर्णाधिकारी राजदूत।

ambassadorial a. राजदूतकी सेवासे या राजदूतसे सम्बन्धित।

ambassadress n. महिला राजदूत, राजदूतकी पत्नी।

amber n. तृणमणि, अम्बर, राल; ~ colour प्रपीता-रक्त; ~ fauna (अवशेष रूपमें पाये जानेवाले) तृणमणि पशु; ~ flora (अवशेष रूपमें पाये जानेवाले) तृणमणि पौधे।

ambergris n. कच्चा अम्बर, मोम सदृश सुगन्धित पदार्थ।

amberite n. बिना धुवेंकी बन्दूक।

ambidexter n. & a. कपटी, छली, दुरंगा, धोखेबाज; सव्यसाची, उभयपक्षी, दुहत्था (दोनों हाथोंसे सहजमें काम करनेवाला)।

ambidexterity n. सव्यसाचिता, उभयचारिता, दुहत्थापन; छल, कपट, धोखा।

ambidextrous a. = AMBIDEXTER.

ambidextrousness n. = AMBIDEXTERITY.

ambient a. परिवेष्टित, आवृत्त, घेरे हुए, इर्द-गिर्द, चारों ओर।

ambiguity n. द्व्यर्थकता, अनेकार्थता, सन्देहार्थ, सन्दिग्धार्थता, अस्पष्टता, गोलमाल; एकसे अधिक अर्थके योग्य अभिव्यक्ति, श्लेष।

ambiguous a. द्व्यर्थक, अस्पष्ट, सन्दिग्ध, श्लेषात्मक, दुहरे मतलबवाला; अनिश्चित, अनिश्चित समस्या सम्बन्धी; सन्देहपूर्ण वर्गका।

ambiguousness n. AMBIGUITY.

ambit n. विस्तार, फैलाव, घेरा; सीमाएँ, चौहद्दी; सीमान्त।

ambition n. महत्त्वाकांक्षा, उच्चाकांक्षा, प्रभावलिप्सा; स्पृहा, आकांक्षा, अभिलाषा; तृष्णा, लालसा।

ambitious n. महत्त्वाकांक्षी, महत्त्वेच्छु, उच्चाकांक्षी, प्रभावलिप्सु, लालसी, उमंग भरा।

ambitiousness n. महत्त्वाकांक्षिता, उमंग, तीव्र लालसा।

ambitus n. बाह्य किनारा।

ambivalent a. विसंयुज, दो विरोधी गुणोंमेंसे एक या दोनोंको धारण करनेवाला, इस प्रकार सन्निहित।

amble[1] n. लीलागति, सुखगति, मंथरगति, धीमी चाल; दुगामा चालसे चलनेवाले घोड़ेके कदम।

amble[2] v.i. सुखगतिसे चलना, पग-पग चलना, दुगामा चलना; धीरे-धीरे चैनसे चलना; सुखगतिसे चलना; कृत्रिम चालसे चलना।

ambler n. सुन्दर गतिशील अश्व; जो अश्व कदम-कदम चले।

ambling a. आनन्दगति, मन्द।

amblyopia n. मन्द दृष्टि, क्षीण दृष्टि, दृष्टि-निर्बलता।

amblyopic a. मन्ददृष्टि, क्षीणदृष्टि।

ambo n. (बहु० *ambos, ambones*) (पूर्व समयके ईसाई गिरजा-घरोंका पुलपिट) मंच, चबूतरा।

ambon n. व्याख्यानमंच, धर्मोपदेशका आसन।

ambrosia n. पराग, मकरन्द जो मधुमक्खी खाती है; स्वादिष्ट या सुगन्धिपूर्ण पदार्थ, मोहन भोग; (पुराण०) देवताओंका भोजन, देव-आहार।

ambrosial a. दिव्य सुगन्धमय, अमृत-तुल्य, स्वादिष्ट; दिव्य, स्वर्गीय।

ambry, aum- n. (प्रा०) भाण्डागार, भण्डार, मोदी-खाना; दीवालकी आलमारी; भोजन बनानेकी चौकी; गिरजेकी दीवारकी बुखारी, गोलक।

ambs-ace n. गुणहीनता, अयोग्यता, निकम्मापन; दुर्भाग्य, हेठापन, बदकिस्मती।

ambulance n. रोगिवाहन, रोगिवाहक गाड़ी (रोगियों और घायलोंको ले जानेवाली गाड़ी); सचल सैनिक अस्पताल, जंगी अस्पताल;
~ car, ~ driver, ~cleaner, ~ corps, ~ service, ~ van, ~ work.

ambulant a. (निदान०) वाहिनी, शरीरके एक अंगसे दूसरे अंगमें जानेवाला (रोग); रोगीके अंग-संचालनकी (क्रिया)।

ambulate v. i. वाहन करना, संचालन करना, गमन करना।

ambulation n. वाहन, संचालन, गमन।

ambulator n. घुमक्कड़, घूमने फिरनेवाला।

ambulatory[1] n. भ्रमण-स्थल, टहलनेका स्थान, छत्तेदार रास्ता, महराबदार छत्ता।

ambulatory[2] a. सचल, गतिमान, गमनशील, गमनीय; अस्थायी, अल्पकालिक, अस्थिर (चलने या टहलने योग्य)।

ambuscade[1] n. घात, घातकी प्रतीक्षा, दाँव, सैन्यदलों-का छिपाव; घातका स्थान, छिपनेका स्थान।

ambuscade[2] v.t. & i. घात या ताकमें रहना या बैठना, किसी गुप्त स्थानमें छिपा देना या छिप जाना।

ambush[1] n. उपगोपन, वनमें सेनाकी टुकड़ियोंका छिपना, घातकी प्रतीक्षा; घातका स्थान, छिपनेका स्थान।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

ambush[2] v.t. & i. गुप्त स्थानमें बैठना, छिपा रखना, छिप रहना; घातमें रहना, ताकमें रहना, प्रतीक्षामें पड़े रहना; *lay an ~, make an ~* घात लगाना, आक्रमण-के लिए गुप्त स्थान बनाना; *lie in ~* घातमें रहना, ताकमें बैठना।

ambustion n. फफोला।

ameer n. अमीर, मुसलमान बादशाहोंकी एक उपाधि।

ameliorable a. सुधार करने योग्य, उन्नत करने योग्य।

ameliorate v.t. & i. सुधारना, सँवारना, उन्नति देना; ठीक करना; अच्छा बनना, सुधरना, उन्नत होना (जैसे, *to ~ one's condition*)।

amelioration n. समुन्नति, सुधार, बेहतरी।

ameliorative a. उन्नति-कारक, सुधारने योग्य।

ameliorator n. सुधारक, उन्नतिकारी।

amen int. स्वस्ति, तथास्तु, एवमस्तु, ऐसा ही हो।

amenable a. आयत्त (जैसे, *~ to law* विधि-आयत्त), वचनीय, उत्तर-प्रद, वशवर्ती, उत्तरदायी; दायी, बाध्य (वस्तु); विनेय, अधीन, वश्य, सहज परिचालन या शासनके योग्य; प्रभाव-ग्राहक, आज्ञाकारी; परीक्षणीय, जाँचने योग्य।

amenableness, amenability nn. प्रभाव ग्राह-कता, आज्ञाधीनता, उत्तरदायित्व, जिम्मेदारी।

amend v.t. & i. संशोधन करना, शोधना, सुधारना, ठीक करना, बेहतर बनाना; परिशोधन करना, शुद्ध करना; संपरिवर्तन करना; भूलसुधार करना, सुधार देना; रूपान्तर करना।

amendable a. संशोधनीय, सुधारने योग्य।

amendatory a. शोधनेवाला।

amende n. दण्ड, जुर्माना।

amended a. संशोधित, संशुद्ध (जैसे, *~ law*)।

amending a. संशोधी (जैसे, *~ bill* संशोधी विधेयक)।

amendment n. संशोधन, संशुद्धि, सुधार;
~ act, ~ bill, ~ clerk, ~ passing clerk, ~ slip.

amends n. प्रतिविधान, प्रतिकार, प्रतिफल, बदला; क्षति-पूर्ति, हरजाना, मुआवजा (जैसे, *make ~* दण्ड भरना)।

amenity n. सुविधा, सुख-सुविधा; आकर्षकता, रमणीयता, मनोज्ञता, मनोहरता, सुहानापन, अनुकूलता, मधुरता; (बहु०) प्रिय व्यवहार, सुन्दर आचरण।

amenorrhoea n. ऋतुरोध, रुद्धार्तव, स्त्रियोंका मासिक धर्म बन्द होना।

ament n. हीनमस्तिष्क, घम्मड़ (अविकसित मस्तिष्क-वाला)।

amentia n. क्षीणता, दुर्बलता, (मानसिक या बौद्धिक) शक्तिहीनता।

amerce v.t. जुर्माना करना, डाँड़ लेना; दण्ड देना।

amerciable a. दण्डनीय, जुर्माना करने योग्य।

American a. & n. अमरीकी, अमरीका निवासी; संयुक्तराज्य अमेरिकाका नागरिक।

Americanism n. अमरीकी शैली।

Americanize v.t. & i. अमेरिकाकी भाँति तदस्थ करना; अमरीकी बनाना या हो जाना; अमरीकी शैलीका प्रयोग करना।

Amerind n. अमेरिकाका आदिवासी।

ametabolic a. अपरिवर्तनीय।

amethodical a. अव्यवस्थित, बिना किसी तरीकेके।

amethyst n. नीलम, नीलमणि, एक प्रकारका बहुमूल्य पत्थर या मणि, याकूत।

amethystine a. नीलमणि सम्बन्धी, नीलमी।

amiability, amiableness nn. सौजन्य, सद्भाव, सुशीलता; रमणीयता, सुन्दरता; प्रीति, स्नेह, प्रेमलता।

amiable a. स्नेही, प्रिय, रोचक; सुशील, सुजन, मिलनसार।

amicable a. मैत्रीपूर्ण, सौहार्दपूर्ण, स्नेहशील, मित्रभाव-पूर्ण, आपसका, दोस्ताना (जैसे, *~ settlement* मैत्रीपूर्ण समझौता)।

amicableness, amicability nn. सौहार्द, सौजन्य, मैत्रीपूर्णता, मित्रता।

amicably adv. सौहार्दसे, मित्रवत्, मित्रभावसे, दोस्ताना ढंगसे।

amice n. एक प्रकारका गाउन, एक प्रकारका टोप।

amid, amidst prep. (शा० एवं ला०) मध्यमें, अभ्यन्तरमें, बीचमें; में; सम्बन्धमें, सिलसिलेमें।

amidol n. फोटोग्राफका विकासक (डेवेलपर), फोटो धोनेका रासायनिक पदार्थ।

amidships adv. पोतमध्य, जहाजके मध्य भागमें, जहाजके बीचमें।

amildar n. अमलदार, भूमि-संग्राहक (भारतमें)।

amir n. =AMEER (or EMIR)।

amiss adv. & pred. a. अव्यवस्थित, व्यवस्थाहीन, बेतुका, बेमौका; त्रुटिपूर्ण, अपूर्ण, हीन, गलत; दोषपूर्ण ढंगसे, गलतीसे, भूलसे, प्रतिकूल, विमुखतासे, विरोधी भावसे, हठपूर्वक (जैसे, *come ~*); *not ~* उचित, उपयुक्त; *take ~* क्रुद्ध होना, बुरा मानना।

amissing a. खोया हुआ, जिसकी खोज हो।

amity n. सौहार्द, स्नेहभाव, मैत्री, मेल-जोल, मेल-मिलाप, दोस्ती।

ammeter n. (विद्युत्धारा शक्ति नापनेका) यन्त्र, वहिमान, अम-मापी।

ammonal n. एमोनल नाइट्रेट और ऐल्यूमिनियमसे तैयार किया हुआ (तेज विस्फोटक पदार्थ)।

ammonia n. तिक्काति, नौसादर, एक तरहकी तीखी गन्ध और तेज क्षारीय प्रभाववाली रंगहीन गैस:
~ liquor पानीमें अमोनियाका घोल; *liquified ~* (रसा०) द्रव्यवत् तिक्काति, अमोनियाई पानी;
~ alum, ~ condenser, ~ gelatin, ~ meter, ~ nitrogen, ~ phosphorus, ~ process, ~ soda ~ soda ash, ~ soda process, ~ solution, ~ valve, ~ water.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: MoE-IKS

ammoniac n. &. a. तिक्तानि या अमोनियाकी प्रकृति का, अमोनियावाला, अमोनियन; Sal A~ नौसादर; Gum A~ गन्धा-बीरोजा (गोंद जैसी वस्तु जो ओषधि और गोंद दोनोंके काम आती है)।

ammoniacal a. तिक्तातीय, अमोनियाई।

ammoniated a. तिक्तानु, अमोनियासे युक्त, जिसमें अमोनिया मिला हुआ हो।

ammonite n. तिक्तित; कपालपादका प्रस्तरीभूत प्रकार, (कड़ी चमड़ी और कोमल शरीरवाले जीवोंके) पथराये या प्रस्तरीभूत रूप।

ammonium n. तिक्तानु, तिक्तानि, लवणका कल्पित मूलतत्व; ~ carbonate तिक्तानु प्रांगारीय; ~ chloride तिक्तानु नीरेय, अमोनियम हरिद, नौसादर; ~ acetate, ~ alum, ~ amalgam, ~ base, ~ bichromate, ~ chromate, ~ chromium, ~ citrate, ~ compound, ~ diochromate, ~ fluoride, ~ formate, ~ hydrogen, ~ hypophosphite, ~ iodate, ~ iodide, ~ lactate, ~ linoleate, ~ malate, ~ nitrate, ~ phosphate, ~ salts, ~ sulphate, ~ sulphide, ~ tartrate, ~ uranate, ~ urate, ~ valerate.

ammunition n. स्फोटास्त्र, युद्ध-सामग्री, लड़ाईका सामान; आस्त्रक; शस्त्रागार, मैगजीन; ~ boots फौजी बूट; ~ bread फौजी रोटी; ~ hat फौजी टोप, लोहेका टोप।

amnesia n. स्मृतिक्षय, स्मृति-भ्रंश, स्मृति-हानि, विस्मृति।

amnesty १. n. उपेक्षा, अवहेलना, जान बूझकर लापरवाही; सर्वक्षमा, सार्वजनिक क्षमा, आम माफी; दोष विस्मरण; २. v.t. क्षमा प्रदान करना, माफी देना।

amnion n. (बहु० *amnia*) भ्रूणान्तरण, वरण, गर्भत्वक्, गर्भोदक, जन्मके पूर्व गर्भको घेरनेवाली सबसे भीतरकी झिल्ली; जरायु, अपरायु, जेर, उल्व।

amoeba n. सूक्ष्म कीटाणु, आद्यज, आदि जीव, एमीबा।

amoebaean a. पारी-पारीसे उत्तर देनेवाला।

amoebiform a. आद्यज रूप, एमीबाकीसी शक्ल वाला।

amoeboid a. आद्यजवत्, आदिजीव सदृश; कामरूप्याभ, कामरूपीय (~ *stage*)।

amok =AMUCK.

among(st)* prep. में, मध्यमें, बीचमें*, सभामें, समुदायमें; किसी संख्यामें, गिनतीमें; (सामूहिक अथवा व्यक्तिगत रूपसे) सीमाके भीतर (जैसे, *five shillings ~ us, divided ~ us*); वितरणवाचक, तुलनामें, बराबरीमें (जैसे, *one ~ many*); सम्मिलित कार्यवाही द्वारा, मिलकर (जैसे, *kill him ~ you*); परस्पर, आपसमें (जैसे, *quarrelled ~ themselves*)।

amontillado n. सफेद स्पेनी शराब; (ला०,गुणवाचक) शुष्क भाषण या व्यवहार।

amoral a. नीतीतर, सदाचारसे असम्बद्ध आचार, आचार की नीतिसे परे।

amoralism n. नीतीतरता, भिन्ननीति।

amoralist n. नीतीतरतावादी।

amorce n. (स्त्री०) वारांगना; छिनार औरत; प्रणयिनी, प्रेमिका।

amorous a. प्रीति-विषयक, प्रेम-सम्बन्धी; शृंगारी; अनुरागी, आसक्त, कामुक, विलासी, रसिया; शृंगारप्रिय, प्रेमी, प्रेमशील, स्नेही, कामी।

amorously adv. सानुराग, रसिकवत्, प्रेमोन्मत्त होकर, कामुकतासे, कामी होकर।

array[2] v.t. अनुविन्यास करना, शृंगार करना, सँवारना, सजाना; (ला०) बना-सँवारकर प्रस्तुत करना; (गुण०) ओढ़ाना; (सेना०) युद्धार्थ सज्जित करना, लड़ाईके लिए तैयार करना, व्यूह-रचना करना, पंक्तिबद्ध करना; न्याय-सभ्य अथवा जूरीका नाम सूचीमें अंकित करना; (वस्त्रोंसे) अलंकृत करना, अच्छे कपड़ोंसे सजाना ।

arrayed a. अनुविन्यस्त, सज्जित ।

arrear n. अवशिष्ट, परिशेष, देय, ऋण-शेष, बकाया; (*in ~s*, *in* ~ देनदार, बकाया जिससे पाना हो); (विशे० तनख्वाह) देय, वेतन अदायगी; पश्चात् भाग, पिछला हिस्सा; (विशे०) जुलूसका पिछला भाग; *in* ~ *of* पश्चात्, पीछे; ~ *bill* अवशिष्ट देयक; ~ account, ~ collection, ~ demand, ~ list, ~ pay, ~s due, ~s payable, ~s register, ~s return, ~ subscription, ~s wages.

arrearage n. अवशिष्ट देय, देयशेष, ऋणशेष, बाकी; रक्षित वस्तु, बचाकर रखी हुई चीज; (बहु०) ऋण, देय, कर्ज; पिछड़ापन, फिसड्डीपन ।

arrect a. प्रोन्नत, खड़े हुए, उठे हुए; (ला०) सतर्क, सावधान, चौकन्ना, होशियार ।

arrest[1] n. बन्दीकरण, गिरफ्तारी, हिरासत, पकड़; बलात् अधिकार, वशमें करना, जब्ती, आवर्जन, निग्रह, निरोध, प्रतिबन्ध, रोक-थाम, ठहराव, रुकाव, रोक; (कानून) ~ *of judgment* निर्णयका निरोध, मुकदमेकी कार्यवाहीपर रोक; *under* ~ गिरफ्तार या पकड़में ।

arrest[2] v.t. बन्दी करना, गिरफ्तार करना, हिरासतमें लेना, पकड़ना; निरोध करना, रोकना, थामना, पकड़ लेना, आकर्षित करना, खींचना, लुभाना; (कानून) ~ (*judgment*) आवर्जन करना, निगृहीत करना ।

arrestation n. प्रग्रहणता, गिरफ्तारी, =ARREST[1] ।

arrested a. (कानून) प्रगृहीत, गिरफ्तार ।

arrester, -tor n. प्रगृहीता, पकड़नेवाला ।

arrestive a. आवर्जक, निग्राहक, निरोधक, बाँधनेवाला,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

रोकनेवाला।

arrestment n. रोक, रोक-थाम, धर-पकड़, गिरफ्तारी, आकर्षण।

arret n. (कानून) अधिनिर्णय, फैसला; अध्यादेश।

arretted a. अधिनिर्णीत, अभियुक्त, कोर्टके द्वारा निर्णीत-दोषी।

arride v.t. परितुष्ट करना, सन्तुष्ट करना, आनन्दित करना, प्रसन्न करना, खुश करना।

arriere a. सेनाका पश्चभाग।

arris n. उत्कोण, तीखा कोना, कोण।

arrival n. (शा० एवं ला०) उपस्थिति, पधारना; आगमन, आना, पहुँचना, पहुँच, आमद; (बहु०) आगत वस्तुएँ, आई हुई चीजें; (बोल०) नवोत्पन्न शिशु, नवजात शिशु, नवजात सन्तान; जलयानसे निर्यात, निकाला जानेवाला माल।

arrive v.i. (शा० एवं ला०) आना, आ उपस्थित होना, लक्ष्यपर आ पहुँचना, यात्राके अन्तपर आ जाना, मंजिल-पर पहुँचना; उन्नत पद पाना, आदरणीय स्थान प्राप्त करना, कीर्ति या सम्मानित स्थान पाना, प्रसिद्धि पाना, नाम कमाना; (वस्तुओंका) लाया जाना, पहुँचाया जाना; (समयका) आ पहुँचना; (घटनाओंका) आना, प्रकट होना।

arrogance, -cy nn. उद्धतता, औद्धत्य, गर्व, मद; दर्प, अहंकार, हेकड़ी, शेखी, घमण्ड; प्रागल्भ्य, असभ्य व्यवहार।

arrogant a. प्रगल्भ, उद्धत, दृप्त, अहंकारी, अभिमानी, धृष्ट, हठी, गर्वित, घमण्डी, हेकड़।

arrogate v.t. अनधिकार स्वत्व जमाना; (किसी वस्तुको) स्वायत्त करना, अधिकारमें करना, अनुचित अधिकारके लिए दावा करना; (किसी गुणको धारण करनेके लिए) अनुचित अधिकार माँगना, झूठ-मूठमें गुणी बनना, (अनुचित रूपसे दूसरेके लिए किन्हीं) अधिकारोंकी अपेक्षा रखना, दावा करना।

arrogation n. अनधिकार ग्रहण, अन्यायपूर्ण ग्रहण, स्वायत्तीकरण, अनुचित अधिकार, झूठा दावा, बेजा हक, अनुचित पूर्वग्रह, अवैध कल्पना, नियमविरुद्ध धारणा।

arrow n. शर, बाण, सायक, विशिख, शिलीमुख, नावक, तीर; बाणके आकारका आभूषण या चिह्न, सुई, कीला; ~-headed characters कीलकरूप लिपि, फलकवत अक्षर; ~ meal=ARROW (ROOT), ~root शिशुमूल, अरारोट; ~-stitch तिकोनी तुरपन, सिअन या सिलाई;

~-beam, ~-head, ~-leaf, ~-leaved, ~-maker, ~-plate, ~-rest, ~-shaped, ~ shape needle, ~-shot, ~smith, ~-smitten, ~snake ~-stone ~-toothed ~worm ~-wounded.

arrowlet n. शरक, लघुबाण।

arrowlike a. शरवत्, शराकार, बाण-सदृश।

arrowy a. शरमय, बाणोंसे भरा हुआ, बाणाकार, बाणवत्, तीर जैसा, बाणोंका।

arse n. नितम्ब, कमरके पीछेका भाग, पुट्ठा, चूतड़।

arsenal n. शस्त्रशाला, आयुधागार, अस्त्रागार, हथियार घर, हथियार-गोदाम, तोपखाना, मैगजीन; (ला० भी)।

arsenate n. नेपालीय।

arsenic[1] n. (प्रच०) नेपाली, शंखिया सोमल, सम्बलखार, (श्वेतखनिजपदार्थ), संखिया (घातक विष); (रसा०) हर-ताल, आर्सेनिक।

arsenic[2] a. संखियाका, संखियावाला, आर्सेनिकीय, ने-पाल्य; (विशे० रसा०) आर्सेनिक मिश्रित, संखिया मिला।

arsenical a. =ARSENIC[2]।

arsenious a. नेपाल्य, संखियादार, हरताली, आर्सीनिक; (विशे०) संखिया मिला।

arsine n. नेपी, संखियेका एक मिश्रण।

arsis n. (बहु० *arses*) अँग्रेजी छन्दके मात्रा निर्देशमें उच्चरित अक्षर।

arson a. दाह, दहन, गृहदाह; अग्नि-काण्ड, होली, आग लगाना।

art[1] v. दे० BE।

art[2] n. कला, कला-कौशल, निपुणता, चातुर्य, कारीगरी, उस्तादी; कार्य-दक्षता, कार्य-नैपुण्य, कामकी होशियारी; नाट्यकला, चित्रकला, मूर्तिकला; (गुण०) कलात्मक रचना वाला, कलाकृति, कलावस्तु; (बहु० में) कला-विषय, विद्या या शिक्षाकी कतिपय शाखाएँ (जैसे, Bachelor, Master of A~s); कुशलता, चतुराई, युक्ति, हुनर, ढब, काम करनेका ढंग; छल, कपट, धूर्तता, मक्कारी, चाल, फरेब; छलपूर्ण युक्ति, कपटभरी योजना, युद्ध-चातुरी, घात, दाँव, हथकण्डा; औद्योगिक वृत्ति, उद्योग-संघ, श्रम-शिल्पियोंका समूह, कारीगरोंका दल; ~ & (or) part कला एवं क्रिया-कौशल और व्यवहार (जैसे, *be ~ and part in* सभी प्रकारसे व्यस्त होना); black ~ इन्द्रजाल, माया, जादू; fine ~s ललित कलाएँ (जिनमें भावना और कल्पनाका विशिष्ट स्थान होता है)।

artel n. (रूसके) श्रमिकोंका संघ या समुदाय, मजदूर-संघ, श्रमिक-समुदाय।

arterial a. धमनीय, धामनिक, धमनी सम्बन्धी, नाड़ी सदृश, नाड़ीकी प्रकृतिका (प्रायः मुख्य सड़कों तथा यातायात-पथोंके लिए प्रयुक्त) (जैसे, ~ *railway, road, traffic*)।

arterialize v.t. फेफड़ेमें आक्सीजन पहुँचाकर शिराके रक्तको धमनीके रक्तमें बदलना, धमनिका कर देना; नाड़ी चक्रसे युक्त करना।

arteriole n. रोहणिका, धमनिका।

arteritis n. रोहिणीकोप, धमनी प्रदाह।

artery n. धमनी, रोहिणी, नसें (जिनसे हृदयसे रक्त शरीरके सभी भागोंमें पहुँचता है)।

Artesian a. (फ्रांस प्रान्तीय); ~ well उत्स्रुतकूप, फव्वारा-कुआँ, पृथ्वीतलसे फूटते पानीका कुआँ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

artful a. छलिया, कपटी, धूर्त, चालबाज, चण्ट।
artfulness n. कपटीपन, छल, धूर्तता, चालबाजी, चालाकी।
arthritic a. सन्धिशोथीय, सन्धिप्रदाह-सम्बन्धी, गठियाका।
arthritis n. सन्धिवात, सन्धिशोथ, सन्धिप्रदाह, जोड़ोंकी सूजन, गठिया।
arthrodia n. प्रसरसन्धि, जोड़।
artichoke n. हाथी चोक, एक प्रकारका साग, अर्टीचोक।
article[1] n. पदार्थ, वस्तु; (कानून) अनुच्छेद, धारा, अवतरण, अंश, भाग; लेख; विवरण, ब्योरा; अन्तर्नियम; (व्या०) definite ~ 'the'; indefinite ~ 'a' 'an'; leading ~ सम्पादकीय (लेख); *in the ~ of death* अन्तिम समय, मृत्युके क्षणमें; टूटते समय।
article[2] v.t. दोषारोपण करना, अभियोग लगाना, अपराधी ठहराना; प्रतिबन्ध लगाना, नियन्त्रण रखना, शिक्षाधीन काल या उम्मीदवारीकी धाराओं या नियमोंसे बाँधना; अवतरणोंमें प्रस्तुत करना, अनुच्छेद बनाकर रखना, धाराओंमें बाँटना, भिन्न-भिन्न अंशोंमें प्रकट करना।
articular a. सन्धायी, सन्धेय, सन्धि-सम्बन्धी, जोड़ोंका, जोड़दार, गठीला।
articulate[1] n. &. a. ग्रन्थियुक्त पशु, ग्रन्थिल जन्तु, जोड़दार जानवर; ग्रन्थिल, ग्रन्थियुक्त, सन्धियुक्त, गाँठदार, जोड़दार, गठीला, पोरदार; स्पष्ट, प्रांजल, व्यक्त, खुला (जैसे, ~ *speech*)।
articulate[2] v.t. & i. ग्रन्थियुक्त करना, सन्धिबद्ध करना, जोड़ डालना, जोड़बन्दी करना; स्पष्ट उच्चारण करना, शुद्ध उच्चारण करना, साफ-साफ बोलना।
articulately adv. जोड़दार करके; स्पष्टतः, खुले रूपसे।
articulateness n. ग्रन्थिमयता, गठीलापन; प्रांजलता, स्पष्टता।
articulation n. सन्धियोजन, सन्धियोग, ग्रन्थन, सन्धान, जोड़ोंको जोड़ना, जोड़बन्दी; ग्रन्थिका, पौर, अस्थिसन्धि, ग्रन्थि, जोड़, गाँठ; शब्दोच्चार, शुद्ध उच्चारण, स्पष्टोच्चारण, साफ बोलना; व्यंजन।
articulator n. सन्धियोजक; स्पष्ट उच्चारण करनेवाला।
articulatory a. ग्रन्थियोजन-सम्बन्धी; स्पष्टोच्चारण-सम्बन्धी, शुद्ध उच्चारण-विषयक।
artifice n. युक्ति, विधि, उपाय, प्रयत्न, कौशल, साधन, जुगत, चाल, दाँव, सूझ; कार्यदक्षता, निपुणता, होशियारी, उस्तादी, हुनर, कमाल।
artificer n. प्रशिल्पी, शिल्पकार, कारीगर; आविष्कारक, निर्माता।
artificial a. कृत्रिम, कृतिजन्य, कलानिर्मित, शिल्प-निर्मित, कारीगरीसे बना हुआ; अप्राकृतिक, अस्वाभाविक, बनावटी; असत्य, अवास्तविक, मिथ्या, झूठ, नकली (जैसे, ~ *flowers*)।
artificiality, artificialness nn. अवास्तविकता, अस्वाभाविकता, कृत्रिमता, असत्य, बनावट, झूठापन, नकलीपन।
artificialize v.t. कृत्रिम रूपसे निर्माण करना, शिल्प द्वारा बनाना, बनावट करना।
artificialized a. कृत्रिम।
artillerist, artilleryman nn. शातघ्निक, गोलन्दाज, तोप चलानेमें कुशल, तोपची।
artillery n. शातघ्न, तोपें; अग्न्यस्त्रागार, तोपखाना; तोप चलानेवाला सैन्यदल; शातघ्निकी, शातघ्नविद्या; ~ train तोपगाड़ी, तोपखाना;
~ ammunition, A ~ Museum, ~ practice, ~ practice camp.
artisan n. शिल्पी, शिल्पकार, यन्त्रविद्, मिस्त्री, कारीगर।
artist n. कलाविज्ञ, कलाकार, ललितकलाविद्, सुकुमार-शिल्पी; (विशे०) चित्रकार, संगीतज्ञ, आर्टिस्ट; ~s' proof उत्कीर्णन या नक्काशीकी शुद्ध प्रतिलिपि (जिसमें कलाकारका अनुमोदन एवं संशोधन हो तथा अन्य प्रतिलिपियोंकी अपेक्षा अच्छी हो)।
artiste n. व्यावसायिक गायक, नर्तक आदि।
artistic, -cal aa. कलात्मक, कलापूर्ण, मनमोहक, सुन्दर।
artistry n. कलाकौशल, कलाकारिता।
artless a. अकुशल, कलाहीन, असंस्कृत, असभ्य, अनाड़ी, भद्दा, भौंड़ा, बुद्धू; निष्कपट, छलरहित, ऋजु, शुद्ध-हृदय, सच्चा, सरल, सीधासादा, भोला-भाला; नैसर्गिक, प्राकृतिक, अकृत्रिम, स्वाभाविक।
artlessness n. सरलता।
arts n. कला, शिल्प, साहित्य।
arty a. कृत्रिम, बनावटी, दिखाऊ, झूठा, नकली, थोथा; कृत्रिम कलापूर्ण।
Aryan १. n. आर्य, आर्य परिवारका सदस्य; २. a. आर्य कुलकी (भाषाएँ जैसे, संस्कृत, ईरानी, यूनानी, लतीनी आदि)।
arytenoid a. दर्वीकास्थि; नलीके आकारका।
as १. adv. जैसे, उसी तरहसे, जिस तरहसे, ज्योंही, इतनी, जितनी, इतना, जितना (जैसे, *I came ~ soon ~ I could, I know that ~ well ~ you*); २. rel. adv. & conj. ऐसा, जैसा, इतना, जितना; (दशा, स्थितिसूचक) जैसे कि (जैसे, *you are ~ good ~ he, it is not so easy ~ you think*); (समय) जब, ज्योंही, जिस समय, जभी, जब कि (जैसे, *it struck me ~ I was speaking*); (रीतिवाचक) जैसा, जिस तरह, की तरह, भाँति, तरह (जैसे, *do ~ you like, treat him ~ a stranger, they rose ~ one man*); (कारण) क्योंकि, चूँकि, इसलिए कि (जैसे, *~ you are not ready, we must go on*); (उदाहरण) जैसे (जैसे, *cathedral cities ~ Norwich*); कि ⊙; (परिणाम) ताकि, कि (जैसे, *he, so*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

arranged matters ~ *to suit every one*); ३. rel. pron. जो (जैसे, *I had the same trouble* ~ *you*); (औपचारिक तिथिके लिए) ~ *from* (जैसे, *coal will be decontrolled* ~ *from 31st March*); ~ *regards*, ~ *to* बारेमें, सम्बन्धमें, विषयमें; ~ *if* मानो, जैसाकि; ~ *good* ~ *dead* मृतके समान, मरेके बराबर; ~ *well* ~ अतिरिक्त, अलावा, साथ ही; ~ *yet* अभीतक, इस समयतक; *(I thought)* ~ *much* ऐसा ही, बिल्कुल यही; *(as)*··· ~ किसी गुणका उदाहरण किसी वस्तुसे देनेके लिए 'जैसा'के अर्थमें प्रयुक्त (जैसे, *blind* ~ *a bat, busy* ~ *a bee*); ~ *for* (इसके) विषयमें, सम्बन्धमें, बारेमें।

asafoetida n. हींग।

asbestine a. (शा० एवं ला०) शिलातन्तु-सम्बन्धी; अदाह्य, न जलनेवाला।

asbestos n. अश्मतन्तु, शिलातन्तु, ऐसबेस्टस; एक तरहकी न जलनेवाली तन्तुमय धातु, अदह;
~ card, ~ cement sheets, ~ cloth, ~ cord fibres, ~ gutter, ~ mill board, ~ paper, ~ pipe, ~ product, ~ ridges, ~ roof, ~ sheet, ~tape.

ascaris n. त्र्योष्ठकीट, केचुआ।

ascend v.t. & i. चढ़ना, उदय होना, ऊपर उठना या होना; ऊपर जाना या आना; उन्नति करना, उभरना, ऊँचा चढ़ना; (ध्वनियोंका) उच्च होना, घोषपूर्ण होना, ऊँचा होना; अतीतकी ओर चलना; आरूढ़ होना, आसीन होना, विराजना, बैठना (जैसे, ~ *the throne*); स्रोत या निकासकी ओर बढ़ना (जैसे, ~ *a river*)।

ascendancy, -ency n. प्रभुता, प्राबल्य, प्राधान्य, वर्चस्व, सत्ता, शक्तिशाली नियन्त्रण, दृढ़ शासन, वश, दाब।

ascendant, -ent १. n. जन्मपत्री, जन्मकुण्डली, होराचक्र, कुण्डली; पूर्व पुरुष, पूर्वज, पुरखा; उदय, भाग्योदय, अभ्युदय; श्रेष्ठता, प्रबलता; जन्मकालमें पूर्व क्षितिजपर समुदित राशिचक्रका अंश विशेष; *in the* ~ परम-, अतिश्रेष्ठ, प्रबल, वर्चस्वी, प्रभविष्णु, उदीयमान, प्रधान, उठता हुआ; २. a. आरोही, उदीयमान, उन्नतिशील, ऊर्ध्वग, उच्चगामी, उठता हुआ, ऊँचा उठता हुआ, चढ़नेवाला, सिंहासनपर बैठनेवाला; (ग० ज्यो०) नभबिन्दु, नभबिन्दुचुम्बी, खमध्यचुम्बी, शिरोबिन्दुकी ओर चढ़ता हुआ; (फ० ज्यो०) पूर्वी क्षितिजोपरि, पूर्वी क्षितिजके बिल्कुल ऊपर; वर्चस्वी, प्रभुतावान्, उत्तम, श्रेष्ठ, प्रबल, प्रधान, हावी।

ascension n. उत्क्रमण, आरोह, आरोहण, ऊर्ध्वगमन, उद्गमन, उपरिगमन, उत्कर्ष, उत्थान, चढ़ना, चढ़ाव, ऊपर आना, उठाव⊙; किसी ग्रह या नक्षत्रका उदय (जैसे, *right* ~); A~tide ऊर्ध्वगमन दिवसके बाद दस दिनोंकी अवधि।

ascensional a. आरोहण-विषयक, ऊर्ध्वगमन-सम्बन्धी।

ascensive a. उदीयमान, प्रगतिशील, उन्नतिशील, वृद्धिशील, गतिमान, गतिशील, चढ़ता हुआ, बढ़ता हुआ, उठता हुआ।

ascent n. (शा० एवं ला०) उत्कर्ष, उत्थान, ऊर्ध्वगमन, आरोहण, चढ़ाव, उभार, उठाव; अभ्युदय, उद्गमन, उदय, ऊपर चढ़ना; चढ़ाई, ढलान, सीढ़ियाँ, जीना।

ascertain v.t. निर्णय कर लेना, निश्चय करना; जान लेना, खोज निकालना, जाँचना; पता चलाना, पता पा लेना।

ascertainable a. निर्णययोग्य, जानने योग्य, खोजने योग्य, जाँच करने योग्य।

ascertainment n. निर्णय, निश्चय, जाँचपड़ताल, खोज, पूँछताछ।

ascetic n. & a. यती, तपस्वी, योगी, संन्यासी, वैरागी, त्यागी, एकान्तवासी, साधनाशील, साधक, कठोर संयमी, हठयोगी।

ascetical a. वीतराग, तापसिक, तपस्वी-सम्बन्धी, योगीका।

asceticism n. तपस्या, त्याग, संयम, साधना, एकान्तवास, संन्यास, वैराग्य, योग।

ascidian n. जलोद्गारी जीव।

ascribable a. आरोप्य।

ascribe v.t. लगाना, मढ़ना, आरोपण करना।

Asdic n. (लघु पोतोंका पता लगानेका) उपाय या यन्त्र।

aseity n. अनादि सत्ता, आत्मभूति, स्वयंभूति, अजातता, अजन्मता।

asepsis n. अपूयता, अरोगाणुता, (रोग अथवा दुर्गन्ध फैलानेवाले) कीटाणुओंका अभाव; शल्य-शास्त्रकी पूय-निवारक पद्धति, शल्य-चिकित्साका सड़न दूर करनेका ढंग, सड़न दूर करनेवाली चीर-फाड़।

aseptic १. a. अपूयिक, सड़न या दुर्गन्ध या रक्तदोषसे मुक्त, रक्तदोषरहित, दुर्गन्धिहीन; रोगाणु-निवारक-क्रिया-विषयक; २. n. दुर्गन्धरहित वस्तु।

asepticise v.t. अपूयिक करना, सड़न हटाना, रोगाणु नष्ट करना।

asexual a. अलिंग, (अलिंगी) अलैंगिक, अयोनिज, योनिरहित, अमैथुन।

asexuality n. अलिंगता, निर्लिंगत्व, अयोनिजत्व, योनिहीनता।

ash[1] n. भस्म, भभूत, राख (प्रायः बहु०); ~-coloured flea-bane दण्डोत्पल; ~es अस्थि-अवशेष, चिताभस्म, फूल; ~can कूड़ा-करकटकी खत्ती; ~cart⊙ मेहतरकी गाड़ी; ~-fire धीमी आँच जो कि रासायनिक क्रियाओंमें प्रयोगकी जाती है; ~-furnace, ~ oven शीशा बनानेकी भट्टी; ~-leaved प्रभूर्ज-पर्ण; ~man⊙ जमादार, मेहतर, हेला; ~ pumpkin श्वेतकूष्माण्ड, पेठा; ~-tray भस्म-धानी; *bring back the* ~*es* (क्रिकेट) पराजय निवारण करना, हार मिटाना; *lay in* ~*es* भस्म हो जाना; sackcloth & ~es पश्चात्ताप-सूचक वेश, पश्चात्तापके चिह्न स्वरूप बोरी और राख;
~-cake, ~-can, ~-cone, ~-constituents,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

~ content, ~ experiment, ~grey, ~-hopper ~ manna, ~-pan, ~-pit, ~-rock, ~-throated flycatcher.

ash[3] n. प्रभूर्ज, अखरोटकी तरहका एक जंगली वृक्ष विशेष; इस पेड़की लकड़ी; ~-fly, ~ grub ऐशपर पायी जानेवाली मक्खियाँ (जिनको मछली फँसानेके लिए चारेकी तरह प्रयोगमें लाते है); ~-key ऐशका बीज; ~-leaf आरम्भकी उपजका आलू; ~-tree प्रभूर्ज वृक्ष; mountain-~ एक प्रकारका पेड़।

ashame v.t. & i. लज्जित करना या होना, शर्मिन्दा करना या होना।

ashamed pred. a. व्रीड़ित, लज्जान्वित, लज्जायमान, लज्जित, संकुचित, शर्मिन्दा; ~ *for* के कारण लज्जित; ~ *of* किसी व्यवहारसे लज्जित; ~ *to do* किसी कामके करनेसे लज्जित (अनिच्छा)।

ashes n. भस्म, राख।

ashet n. बड़ी तश्तरी, रकाबी (गोलाकार)।

ashine adv. समुज्ज्वल भावसे, चमकते हुए।

ashiver adv. कम्पमान अवस्थामें, काँपते हुए।

ashlar n. पत्थरके चौके, चौकोर पत्थर; वर्गाकार पत्थरसे निर्मित भवन आदि; वर्गाकार पत्थरकी कारीगरी।

ashore adv. तटपर, तटकी ओर।

ashy a. भास्म, भस्मीय; भस्ममय; भस्म-वर्ण, धूसर, राख जैसा।

Asian n. & a. एशियाई, एशियाका (निवासी)।

Asiatic a. & n. एशियाई, एशियाका, एशियावासी।

aside[1] n. एकान्तभाषण, एकान्तकथन; अप्रकट प्रयत्न, परोक्ष प्रयत्न; *set* ~ (निर्णयको) निराकरण करना, खारिज करना, हटाना; *speak* ~ गुप्तरूपसे कहना, अलग हटकर कहना, मुँह फेरकर कहना।

aside[2] adv. तटस्थ, दूर, अलग, एक तरफ, एक किनारे; (के) अतिरिक्त, अलावा ⊙।

asinine a. गार्दभ, गर्दभ-सम्बन्धी, रासभका, गधेके बारेमें; गधा, मूर्ख, बेसमझ, बुद्धू।

asininity n. गधापन, बुद्धूपन।

ask v.t. & i. पूछना, उत्तर माँगना, जवाब चाहना; अनुनय करना, विनय करना, अनुरोध करना, निवेदन करना, प्रार्थना करना, याचना करना (जैसे, ~ *favour of him*, ~ *him to do it*); आमन्त्रित करना, निमन्त्रण देना, न्योता देना, बुलाना; (वस्तुओंकी) अपेक्षा रखना, आवश्यकता समझना, चाहना, माँगना (जैसे, *it ~s (for) attention*); कष्ट चाहना।

askance, -ant adv. तिर्यक्, वक्र, कुटिल दृष्टिसे, तिरछी निगाहोंसे, कनखियोंसे; परोक्ष रूपसे, अप्रत्यक्ष अर्थमें, छिपे हुए मतलबसे; *look* ~ *at* शंकापूर्वक या अविश्वाससे ताकना, सन्देहकी दृष्टिसे देखना।

askew १. adv. तिर्यक्, वक्रतासे, तिरछेपनसे, टेढ़ेपनसे; २. pred. a. तिर्यक्, वक्र, कुटिल, बाँका, टेढ़ा, तिरछा, आड़ा; *look* ~ आँख चुराना, तिरछा देखना, मुँहके सामने न देखना।

asking n. प्रार्थना, याचना, माँग।

aslant १. adv. वक्रतासे, कुटिलतासे, तिरछेपनसे, झुककर; २. prep. पार, आर-पार।

asleep adv. & pred. a. (शा० एवं ला०) शयित, सुप्त, प्रसुप्त, निद्रित, निद्रागत, निद्रालीन, सोया हुआ, झपकीमें; (शरीरावयव) सुन्न, सोया हुआ।

aslope adv. & pred. a. प्रवण, ढालू, उतार, तिरछा, आड़ा।

asomatous a. अदेह, अमूर्त्त, अशरीर; निष्प्रयोजन।

asp[1] n. अभेद, अमूर्त्त, अशरीर; चलपर्ण, एक प्रकारका वृक्ष जिसकी पत्तियाँ हिलती रहती हैं।

asp[2] n. विषैला सर्प, काला साँप।

asparagus n. नागदौन, शतावर, एक साग।

aspect n. पक्ष, स्वरूप, दृष्टिकोण, दृष्टिपथ, देखनेका पहलू; उन्मुखता, अभिमुखता; (सामनेका) अवस्थान, पक्ष, पहलू, रुख; आकृति, स्वरूप, छवि।

aspen १. n. ऐस्पका वृक्ष, =ASP; २. a. कम्पित, काँपता हुआ, थरथराता हुआ (ऐस्पकी तरह)।

asper, -ous a. खर, रूक्ष; कड़ा, कठोर; असमान।

asperate v.t. कर्कश करना; रूक्ष करना; असमान करना।

asperges n. अभिषेक, अभिसिंचन।

asperity n. रूक्षता; कर्कशता; असमानता; असमतलता, बेडौल; (ऋतु) तीक्ष्णता, तीव्रता, कड़ाई; (स्वभाव) कर्कशता, कठोरता, उग्रता, तीक्ष्णता, तेजी, तीखापन।

asperse v.t. दुर्नाम करना, अपनिन्दा करना, कलंकित करना; अपवाद लगाना, दोषारोपण करना, दोष लगाना, झूठा अभियोग लगाना; छिड़कना, छींटे डालकर खराब करना।

aspersion n. अपनिन्दन, कलंक, आक्षेप, दोषारोपण; सिंचन, छिड़काव।

aspersive a. कलंकपूर्ण, निन्दात्मक, लाँछनरूप।

aspersorium n. जलकलश, पवित्र जलका पात्र (जैसे, गंगाजली)।

aspersory a. निन्दात्मक, आक्षेपकारी।

asphalt[1]**, asphaltum** nn. (खनि०) धूम्रजतु (सड़कें आदि बनानेका मसाला जो कोयला, डामर और रालसे मिलकर तैयार होता है), एस्फाल्ट; तारकोल और रेतका इसी प्रकारका मिश्रण।

asphalt[2] v.t. धूम्रजतु लेपन करना, सड़कपर एस्फाल्ट बिछाना।

asphalt[3] a. धूम्रजतु-मय, -व्याप्त, -लिप्त; ~-base, ~ brown, ~ cement, ~ compounds, ~ emulsion, ~ grout, ~ lacquer, ~ layer, ~ macadam, ~ mastic, ~ oil ~-paver, ~ road, ~ rock, ~ stone.

asphaltic a. अश्मजीय, धूम्रजतुका, डामरका।

asphodel n. कुमुदनीके प्रकारका एक पौधा; (का०) पारिजात-पुष्प, पारिजात-कुसुम।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

asphyxia, -xy n. स्पन्दनाभाव, श्वासावरोध; (रक्तमें आक्सीजनके अभावके कारण) बेहोशी।

asphyxial a. श्वासरोधात्मक, स्पन्दनाभावयुक्त, मूर्च्छा-सम्बन्धी।

asphyxiate v.t. मूर्च्छित करना, बेहोशी लाना, दम घोंटना, गला घोंटना।

aspic[1] n. पशु-पक्षीके ठण्डे मांस और अण्डेकी लपसी (जेली)।

aspic[2] n. =ASP.

aspidistra n. चौड़ी गावदुम-पत्तियोंवाला पौधा।

aspirant n. & a. ईप्सु, इच्छु, स्पृही, आकांक्षी, अभिलाषी, अर्थी, प्रार्थी, उम्मेदवार (व्यक्ति)।

aspirate[1] n. & a. ह्-की ध्वनि, हकार, महाप्राण; महाप्राणोच्चारित, ह्-ध्वनिमिश्रित एक श्वासके साथ उच्चरित।

aspirate[2] v.t. महाप्राण उच्चारण करना, ह्-ध्वनि-मिश्रित एक श्वासके साथ उच्चारण करना; बर्तनमेंसे गैस निकालना, पात्रको वायु-रिक्त करना, खाली करना।

aspiration n. महाप्राणता; महत्त्वाकांक्षा, उच्चाकांक्षा; अधिरोहण, श्वासग्रहण, साँस खींचना या लेना; चूषण, वात-शोषण, गैस बाहर निकालनेकी क्रिया।

aspirator n. चूषित्र, वायु-चूषक, वात-शोषक (यन्त्र); पूय-चूषक, पूय-शोषक, फोड़ेसे पीप निकालनेका यन्त्र; सूपयन्त्र, सूप, छाज।

aspiratory a. श्वास-सम्बन्धी।

aspire v.i. महत्त्वाकांक्षा करना, अभिकांक्षा करना; अधिरोहित होना, ऊँचा चढ़ना; उन्नति करना, ऊँचा जाना या होना (प्रायः ला०)।

aspirin n. शुनभ्रि, एस्परीन, पीड़ा निवारक और ज्वर-प्रशामक ओषधि।

aspiring a. उच्चाकांक्षी, महत्त्वाकांक्षी।

asport v.t. भगा ले जाना, उड़ा ले जाना।

asquint adv. & pred. a. तिर्यक् दृष्टिसे, वक्र या कुटिल दृष्टिसे, तिरछी नजरसे, कनखियोंसे।

ass n. रासभ, खर, गर्दभ, गधा (विशे० मूर्खताके प्रतीकके रूपमें प्रयुक्त); ~es' bridge (Pons Asinorum) गधेकी आकृति; ज्यामितिमें एक रूप; *make an ~ of* मूर्ख बनना या बनाना, मूर्खता करना, नासमझी दिखाना, बुद्धू बनाना, उल्लू बनाना।

assafetida n. =ASAFOETIDA.

assagai, -segai n. एसगई, मजबूत लकड़ीका पतला भाला।

assail v.t. अभिक्रमण करना, धावा करना, हमला करना, छापा मारना, चढ़ना; (कार्यको) दृढ़तापूर्वक करना, पूर्ण निश्चयसे लग जाना, स्थिर विश्वासके साथ करना, टूट पड़ना, पिल जाना; (प्रश्नोंकी) भरमार करना, झड़ी लगा देना, बौछार करना, ताँता बाँधना।

assailable a. आक्रमणीय, चढ़ाई करने योग्य, छापा मारने लायक।

assailant n. अभिक्रामक, आक्रामक, आक्रमणकारी, धावा बोलनेवाला, चढ़ाई करनेवाला, कार्य आदिके पीछे पड़ जानेवाला।

assart v.t. उन्मूलन करना, उजाड़ना, पेड़ उखाड़ना।

assartment n. उन्मूलन, उत्सादन।

assassin n. घातक, हत्यारा, गुप्तघाती, कपटहिंसक, कातिल, धोखेसे मारनेवाला।

assassinate v.t. छलपूर्वक या कपटसे वध करना, विश्वासघात करके मारना, धोखेसे हत्या करना, छिपकर कत्ल करना।

assassination n. गुप्तवध, कपटहिंसा, छलपूर्ण हत्या, धोखेका कत्ल।

assassinator n. गुप्तवधक, कपटहिंसक, छिपा हत्यारा।

assault[1] n. अभियान, आक्रान्ति, आक्रमण, धावा, हमला; प्रहार, संप्रहार, प्रघात, अभ्याघात; (क़ानून) नियम-विरुद्ध आक्षेप, गैरकानूनी हमला (गाली, मारपीट आदि ~ & *battery*); ~*of. at, arms* सैनिक व्यायामका प्रदर्शन, पटेबाजी।

assault[2] v.t. आक्रमण करना, चढ़ाई या हमला करना, प्रहार करना।

assaultable a. आक्रमणीय, आक्रान्तिके योग्य, चढ़ाई-के लायक।

assaulter n. आक्रमणकारी।

assay[1] n. परीक्षा, निकष, कसौटी, परख, जाँच (विशे० सिक्का या धातुकी); (प्रा०) प्रयत्न, उद्योग, प्रयास, कोशिश;

~ anvil, ~ balance, ~ certificate, ~ fitness, ~-master, ~ office, ~ report, A~ Superintendent, ~ton.

assay[2] v.t. & i. परीक्षा करना, कसौटीपर कसना, निकषपर चढ़ाना, शोधना, परखना; प्रयास करना, प्रयत्न करना, उद्योग करना।

assayable a. परीक्षणीय, शोधनीय, जाँच करनेके योग्य।

assayer n. परीक्षिता, परीक्षक।

assaying n. धातु परखनेकी क्रिया।

assemblage n. संघात, समवाय, जमाव।

assemble v.t. & i. समवेत होना, एकत्र होना, इकट्ठे होना, जमा करना या होना; (यन्त्र) मशीनके पुर्जेको फिट करना।

assembled a. समवेत, संग्रहीत; समायोजित।

assembler n. संग्राहक; समायोजक।

assembly n. समाज, मण्डली, सभा, जमाव; Legislative A~ व्यवस्थापिका (विधान) सभा; ~ room नृत्यगृह, नाच घर; ~ shop स्थान जहाँपर मशीनोंके पुर्जे जोड़े जाते हैं;

~ accountant, ~ building, ~ chamber, ~ clerk, ~ office, ~ premises, ~ question, ~ secretariat, ~ secretary, ~ translator.

assent[1] n. अनुमति, सम्मति, सहमति, मंजूरी; मान्यता।

assent[2] v.i. अनुमति देना, मंजूर करना; अंगीकार

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

करना, स्वीकार करना; पालन करना; अनुमत होना, सहमत होना, एकमत होना।

assentation n. सहमति, मौन-सम्मति, निर्विवाद स्वीकृति, सहज मतैक्य, चुपचापकी मंजूरी।

assentient n. स्वीकर्ता, अनुज्ञाता, सहमतिदाता, =ASSENTOR.

assentor n. स्वीकर्ता, अनुज्ञाता, स्वीकार करनेवाला, माननेवाला, कबूल करनेवाला।

assert v.t. निश्चयपूर्वक कहना, दृढ़तापूर्वक माँगना, अधिकार जताना, आग्रह करना, दावा करना, हक जमाना; प्रकाशित करना, घोषित करना, घोषणा करना; स्थापित करना; ~ *oneself* अपने अधिकारोंपर आग्रह करना, दृढ़ रहना, जमे रहना।

assertable a. अधिकामनाके योग्य; निश्चयके योग्य, दावा करनेके लायक।

assertion n. निश्चय कथन, उपोद्बलन, अधिकामना, अधिकार-आग्रह, प्रतिज्ञा, वचन, निश्चयात्मक कथन; पूर्वपक्ष, दावा; self~ स्वत्वाग्रह, स्वाधिकारकी अधिकामना, अपने हकका दावा।

assertive a. स्वत्वसूचक, अधिकार द्योतक, निश्चयात्मक।

assertiveness n. दृढ़ स्वत्वद्योतन, अधिकारकी अधिकामना, दावागीरी; आग्रह।

assertor n. पक्षपोषक, पक्ष-समर्थक, अधिवक्ता, हिमायती, वकील।

assertory a. स्वीकारात्मक; हाँ।

assess v.t. निर्धारण करना, निर्धारित करना, नियत करना, निश्चित करना; लागू करना, लगाना; अर्थ-दण्ड लगाना, जुर्माना करना; कर आरोपित करना, महसूल लगाना; प्राक्कलन करना, आगणन करना, अनुमान करना, आँकना, कूतना।

assessable a. निर्धारणीय, नियत करने योग्य; दण्डनीय, कर लगानेके योग्य; मूल्यांकनके योग्य।

assessably adv. निर्धारणीय रूपमें।

assessment n. निर्धारण, अभिनिर्धारण, करनिर्धारण, राजस्व-ग्रहण, अर्थदण्ड-आरोपण, मूल्यांकन, आगणन, लगान, जमाबन्दी;
~ byelaw, ~ case record, ~ group, ~ list, ~ note, ~ officer, ~ order, ~ register, ~ report, ~ section, ~ statement.

assessor n. निर्धारक, परामर्शक, परामर्शदाता, सलाहकार; निर्धारक, अभिनिर्धारक, करनिर्धारक, मूल्य-निदर्शक, सम्पति-करका आगणक, अनुमानकर्ता।

assessorial a. करनिर्धारक-सम्बन्धी, मूल्यांकन करनेवालेके बारेमें।

assets n. (बहु०) परिसम्पत्, सकल सम्पत्ति; सम्पत्ति, वित्त, परिसम्पत्ति, रिक्थ, सम्पदा, सम्पत्, शुल्क, भूसम्पदा; (एक व०) आय-व्यय विवरण-पत्रमें सम्पत्तिकी मद या विषय; (शिथिल अर्थमें) विभव, विभूति, सम्पत्ति; कोई उपयोगी गुण, विशेषता, अच्छाई।

asseverate v.t. सशपथ कहना, शपथपूर्वक कहना, प्रतिज्ञा करना, दृढ़ निश्चयसे कहना, कसम खाकर घोषणा करना।

asseveration n. शपथोक्ति, दृढ़ोक्ति, प्रतिज्ञा; सत्य वचन।

assibilate v.t. सी-सीकी ध्वनि करना, फुफकारना, हिश-हिश करना।

assibilation n. सी-सी, हिश-हिश, सिसकार।

assiduity n. प्रगाढ़ अभिनिवेश, अत्यधिक अवधान, गम्भीर मनोयोग, गहरा ध्यान, गम्भीर आसक्ति; (बहु०) सतत अनुष्ठान, अनवरत शिष्टाचार।

assiduous a. अध्यवसायी, परिश्रमी, श्रमशील, मेहनती; उद्यमी, उद्योगशील, उद्योग-परायण, कर्मठ, तत्पर, जुटकर करनेवाला।

assiduousness n. अध्यवसाय, श्रमशीलता, उद्योगशीलता, तत्परता।

assign[1] n. =ASSIGNEE.

assign[2] v.t. नियोजन करना, नियत करना, निर्धारित करना, निश्चित करना, स्थिर करना, ठहराना; देना, बतलाना; निर्देशन, समनुदेशन; हस्तान्तरित करना, समर्पित करना, सौंपना; अभ्यर्पित करना, किसीका स्वत्व प्रदान करना, अभिभाजन करना, भाग देना; (हस्तांकन) अभिहस्तांकन करना; दे डालना (विशे० व्यक्तिगत सम्पदाको)।

assignable a. देय, अभिहस्तांक्य, हस्तान्तरणीय; नियोज्य, निर्धारणीय; प्रतिभाजनीय, भाग देने योग्य।

assignation n. संविभाजन, स्वत्व विभाजन; औपचारिक हस्तान्तरण, परावर्तन, समर्पण, दान; (स्थान व समयका) निर्धारण, स्थिरीकरण, निश्चय, ठहराव; मूलारोपण, कारणका अनुमान।

assigned a. अधिन्यस्त, निर्दिष्ट, नियोजित, नियत; समनुदेशित; (स्थानपर) नियुक्त, नियोजित; समर्पित, सौंपा गया; (कानून) अभिहस्तांकित।

assignee n. अधिन्यासी, समनुदेशिती, अभ्यर्पिती, सम्पत्ति प्राप्तकर्ता; भागी, भाजन-भागी; अभिहस्तांकिती (कानून); प्रणिधि, प्रतिनिधि, स्थानापन्न व्यक्ति; ~s in bankruptcy किसी दिवालियेकी सम्पत्तिके प्रबन्धकर्ता; ~ of a debt ऋणका अभिहस्तांकिती।

assignment n. नियोजन ⊙; दत्तकार्य, सौंपा हुआ काम; (कानून) अभिहस्तांकन, हस्तांतरण-प्रलेख, दस्तावेज; अभ्यर्पण, समर्पण, प्रतिभाजन; (कारणोंका) निर्देश या कथन, वजह बताना।

assignor n. प्रतिभाजनकर्ता; अधिन्यासक, हस्तांतरणकारी, निर्धारक; नियोजक; अभिहस्तांकक।

assimilability n. समावेश्यता, आत्मीकरणकी क्षमता, समीकरणीयता, पाच्यता, पचा लेनेका गुण।

assimilable a. आत्मसात्कार्य, समावेष्टव्य, समावेशनीय; समीकरणीय, सदृश करने योग्य; परिपाच्य, पचाने योग्य।

assimilate v.t. & i. आत्मसात् करना, सम्मिलित

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

कर लेना, मिला लेना; अन्तर्ग्रहण करना, सदृश करना, एक-सा करना; तुलना करना, समता करना; समाविष्ट हो जाना, मिल जाना, सोख लिया जाना, पच जाना।

assimilated a. आत्मसात्कृत, परिपाचित।

assimilation n. आत्मसात्करण; समीकरण, सदृशीकरण; साम्य, ऐक्य; स्वीकरण; परिपाक, परिपाचन, परिपचन; परिणाम।

assimilative a. =ASSIMILATORY।

assimilator n. आत्मसात्कारक, सदृशकारक, समावेष्टा, मिलानेवाला; पचा लेनेवाला।

assimilatory a. आत्मसात्कारी, सदृशीकर्ता; पचा लेनेकी शक्तिवाला, परिपाची।

assist १. v.t. साहाय्य करना, सहायता करना, सहयोग देना, मदद देना, सहारा देना; २. v.i. सम्मिलित होना, भाग लेना, हाथ बँटाना; उपस्थित रहना, प्रस्तुत होना।

assistance n. साहाय्य, सहायता, सहकार, मदद।

assistant n. & a. सहायक, सहकारी, हाथ बँटानेवाला।

assisted a. साहाय्यित।

assize n. अभिसत्र, विचार-सभा; माननियम, अभिनियम; great ~ अन्तिम निर्णय।

assizer n. मूल्य निरूपणकर्ता।

associability n. सम्मिलन-योग्यता, मिलनशीलता।

associable a. सम्मिलन-योग्य, मिलनशील।

associableness n. मेलजोल।

associate[1] १. n. सन्धित, सहयोगी, सहकारी, सहाय, साथी; सहभागी, साझीदार; उपसदस्य, सहायक सदस्य; सम्बद्ध वस्तु; २. a. सहयोगी, सहकारी; संयुक्त, सम्बद्ध, संलग्न, सन्धिबद्ध, मिला-जुला।

associate[2] v.t. & i. संयुक्त करना, सम्मिलित करना, संश्लिष्ट करना, मिलाना; सहकारी बनना, साथी बनना; सामान्य उद्देश्यके लिए एकत्र होना, मिलना, एक हो जाना।

associated a. सम्बद्ध, सम्मिलित, जुड़ा हुआ।

associateship n. सहगामिता, सहगामित्व; सन्धिबद्धता, संगति; उपसदस्यता।

association n. संस्था, आसखीयन, मिलना-जुलना; आयोजन; (गणित) संयवन, संयव; सम्बन्ध; साहचर्य, संसर्ग, अनुषंग, मेल; पार्षद्, मण्डल, समाज, संघ; ~ of ideas विचार-संगति, विचार-क्रम; deed of ~ कम्पनीका विवरण-पत्र, नियमावली; *in ~ with* के साथ, के साहचर्यमें।

associational a. संघीय, साझेदारी-सम्बन्धी।

associationism n. संघवाद, सहकारितावाद।

associationist n. संघवादी, सहकारितावादी।

associative a. संयवक।

associator n. संयोजक; सहगामी, संसर्गकारी, जोड़नेवाला।

associatory a. सहयोगी, सहकारी, सम्बद्ध, सहयोग-सम्बन्धी।

assoil v.t. मुक्त करना, निर्दोषी ठहराना, छोड़ देना, रिहा कर देना; पापसे मुक्त कर देना, क्षमा कर देना, माफ करना; प्रायश्चित्त करना, दण्ड भुगतना, हरजाना देना।

assonance n. स्वरसाम्य, स्वरानुरूपता, ध्वनिसमता (जैसे, *sonnet, porridge*); आंशिक अनुरूपता, थोड़ा बहुत मेल या सम्बन्ध।

assonant a. समध्वनि, एकध्वनि, समस्वरयुक्त।

assort v.t. & i. श्रेणी विभाजन करना, वर्गीकरण करना, अलग-अलग छाँटना; समूहीकृत कराना, एकत्र करना, साथ-साथ रखना; सहयोगी होना, सहभागी होना, साथी होना; श्रेणीगत होना, समुदायमें आना, एकरूप होना; ~ *ill with* प्रतिकूल होना, ठीक न बैठना, न पटना; ~ *well with* अनुकूल होना, पटना, ठीक बैठना।

assorted a. प्रकीर्ण; वर्गीकृत, विभाजित।

assortment[1] n. (*arrangement in or into classes*) वर्गीयण; (*a group formed by assorting*) वर्ग, विन्यास, छाँट।

assortment[2] n. पृथक्करण क्रम।

assuage v.t. अभिशमन करना, प्रशमित करना, शमन करना, शान्त करना, ठण्डा करना; धैर्य बँधाना, ढाढ़स बँधाना, दिलासा देना; हलका करना, धीमा करना, कम करना, (प्यास) बुझाना।

assuagement n. उपशम, प्रशमन, शान्ति, उपशान्ति, समाधान, तृप्ति, दिलासा।

assuasive a. उपशमकारी, शमन करनेके गुणवाला।

assumable a. कल्प्य, ग्रहणीय, धारणीय।

assume v.t. धारण करना, ग्रहण करना, लेना, हाथमें लेना; मानना, कल्पना करना; अनुचित अपहरण करना, अन्यायपूर्वक छीनकर दखल करना, हथिया लेना, हक मारना; अनुकरण करना; वेश बदलना, स्वांग भरना, छल करना; स्वीकार करना, मान लेना।

assumed a. कल्पित, माना हुआ।

assuming a. दम्भी, अहंकारी, उद्धत, गर्वित, घमण्डी।

assumption n. कल्पना, धारणा; ग्रहण, दायित्व-ग्रहण, कार्यभार-ग्रहण; अंगीकार, अंगीकरण; दम्भ, दर्प, गर्व, घमण्ड, शेखी।

assumptive a. कल्पित, माना हुआ; स्वीकार्य, स्वीकृत; दाम्भिक, गर्वित, अहंकारी, उद्धत, शेखीबाज।

assurable a. विश्वसनीय।

assurance n. समाश्वासन, आश्वासन; प्रत्यय, प्रत्याभूति; उत्तरदायित्व, जिम्मेदारी, जमानत, गारण्टी; बन्धक; विश्वास; (कानून) उपाधिग्रहण, अधिकारग्रहण, अधिकार; सुरक्षण-बीमा (जैसे, *life ~*); ध्रुवत्व, निश्चय, संशयहीनता (जैसे, *make ~ double sure*); आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता; अविवेक, उद्धतता, असावधानी।

assurant n. जीवन-बीमा करनेवाला।

assure v.t. आश्वासन देना, विश्वास दिलाना, भरोसा दिलाना; सुनिश्चित करना, असन्दिग्ध बनाना, पक्का

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

करना; सुरक्षित करना, निरापद करना।

assured a. आश्वासित; सुनिश्चित; प्रगोपित।

assuredness n. असन्दिग्धता, विश्वास, भरोसा; सुरक्षा, सुनिश्चय।

assurer n. आश्वासक, प्रगोपक।

assurgent a. ऊर्ध्वगामी, उदीयमान, उगता हुआ, उभरता हुआ; आक्रमणशील, विवादी, झगड़ालू; (वन०) तिरछा उगनेवाला।

Assyriologist n. असीरियाकी भाषा, इतिहास और पुरातत्वका वेत्ता।

astart v.i. आरम्भ करना, रवाना होना।

astatic a. अस्थैतिक, अस्थिर, चंचल, डाँवाडोल।

asteism n. शिष्ट व्यंग्य, श्लेष, वक्रोक्ति।

aster n. तारक वृक्ष, तारा फूलवाला पौधा।

asteriated a. तारा शनि प्रिय।

asterisk[1] n. तारक चिह्न, सन्दर्भ चिह्न, (*) तारा चिह्न, फुली।

asterisk[2] v.t. तारक चिह्न अंकित करना, तारांकित करना, तारा लगाना।

asterism n. तारक-पुंज, नक्षत्र-समूह; ध्यान आकर्षित करनेके लिए तीन तारक चिह्न (* * *)।

astern adv. (नौवि०) नाव या पोतके पिछले भागमें; बहुत पीछेकी ओर, दूर पीछे; ~ *of* पिछाड़ी, पीछे, पिछवाड़े, पीछेकी ओर।

asteroid १. n. उपग्रह, क्षुद्रग्रह; आतिशबाजी; २. a. नक्षत्र सदृश, ताराकार, तारारूप।

asteroidal a. उपग्रह-, छोटे तारे जैसा।

asthematical a. श्वासरोग सम्बन्धी।

asthenia n. शक्तिहीनता, दुर्बलता।

asthenic a. शक्तिहीन, दुर्बल, दुबला-पतला।

asthma n. श्वास, श्वास-रोग, श्वास-प्रदाह, दमा।

asthmatic १. n. श्वासरोगी, दमेका बीमार; २. a. श्वासरोग सम्बन्धी, दमाका।

asthmatical a. =ASTHMATIC.

astigmatic a. विदृष्टिक, विषमदृष्टिक, अबिन्दुक।

astigmatism a. विदृष्टि, दृष्टिवैषम्य, अबिन्दुकता (आँखका रोग जिसमें दृष्टि-किरणें अपना एक बिन्दु नहीं बना पातीं)।

astir adv. & pred. a. जाग्रत, जागा हुआ; गतिमान्, अस्थिर, चंचल, हिलता हुआ; उत्तेजित, आवेशपूर्ण, जोशमें; घबराया हुआ।

astomatous a. मुखहीन, बिना मुखवाला।

astonish v.t. चकित करना, आश्चर्यान्वित करना, चकरा देना, हक्का-बक्का करना।

astonished a. आश्चर्यान्वित, आश्चर्यचकित, विस्मित, हक्का-बक्का; स्तब्ध; व्याकुल, त्रस्त।

astonishing a. विस्मयकारी, आश्चर्यजनक।

astonishment n. विस्मय, आश्चर्य, अचम्भा, ताज्जुब।

astound v.t. विस्मयाकुल करना, अभिचकित करना, चेतावनी या आश्चर्यसे धक्का पहुँचाना, हक्का-बक्का करना, घबड़ा देना।

astounding a. हतबुद्धि-कर, -करनेवाला।

astraddle adv. & pred. a. घुड़सवारकी तरह (घोड़ेपर चढ़कर दोनों ओर पैर लटकाकर)।

astragal n. (स्था०) छोटा गोला या घेरा जो खम्भोंके ऊपर या नीचे होता है; (तोप संचालन) मुँहके पासका तोपका घेरा या चक्कर।

astral a. नक्षत्रीय, नाक्षत्रिक, तारामय, तारा-सम्बन्धी, तारामय, तारेका; ~ body सूक्ष्म शरीर या देह; ~ hatch ज्योतिष-वातायन, विमानमें गुम्बदके आकारकी खिड़की (जिससे विमान चालक गणित ज्योतिष सम्बन्धी पर्यवेक्षण करता है); ~ lamp तारक-दीप (जिससे नीचे परछाईं न दीख पड़ती हो); ~ spirits नक्षत्रलोकी, नक्षत्रलोकके वासी, तारोंमें रहनेवाले।

astray adv. or pred. a. (शा० एवं ला०) भ्रान्त, विभ्रान्त, विपथगामी, पथभ्रष्ट, मार्गच्युत, गुमराह, भूला-भटका।

astrict v.t. सीमाबद्ध करना, सीमित करना, प्रतिबन्ध लगाना, बन्धनमें रखना; आबद्ध करना, कसकर बाँधना, जकड़ना; बद्धकोष्ठ करना, अपच उत्पन्न करना, कब्जियत पैदा करना; नैतिक रूपसे बाँधना, सदाचारकी दृष्टिसे संयत करना; नियमित करना, कानूनमें जकड़ना, कानूनी तौरपर पाबन्द करना।

astriction n. नैतिक बन्धन, संयम, निग्रह; सीमाबद्धता; कानूनी दबाव; दृढ़ बन्धन, मजबूत बन्धन; कोष्ठबद्धता, कब्जियत।

astrictive a. संकोचक, (शरीरतन्तु) संकोचनकारी, रक्तस्रावरोधक, रक्तप्रवाहरोधक, कोष्ठबद्धताकारी।

astride adv. & pred. a. & prep. टाँगें इधर-उधर किये हुए; अश्वारोहीकी भाँति, घुड़सवारकी तरह टाँगोंको अगल-बगल लटकाये हुए; ~ *of the road etc.*(सेना०) सड़कके पार लगा हुआ; (prep.) ~ *of* आर-पार।

astringe v.t. सम्बद्ध करना, एक साथ बाँधना; निचोड़ना, दबाना; बद्धकोष्ठ करना, अपच उत्पन्न करना, कब्ज पैदा करना।

astringency n. बन्धन; रक्तस्राव-रोधन; उग्रता, तीव्रता, तीखापन, कर्कशता, कठोरता।

astringent १. n. रक्तस्रावरोधक ओषधि, तीखी दवा; २. a. बन्धक, बन्धनकारी, बाँधनेवाला; संकोचक, सिकोड़नेवाला; रक्तस्रावरोधक, रक्तके प्रवाहको रोकनेवाला; उग्र, कर्कश, कठोर; कषाय, कसैला, तीव्र, तेज, तीखा।

astrodome n. ग्रह नक्षत्र आदिके देखनेके लिए विमानस्थित गवाक्ष अथवा खिड़की।

astrography n. खगोल-चित्रण।

astrolabe n. वेध-यन्त्र, नक्षत्र-यन्त्र; उच्चता नापनेका एक प्रकारका यन्त्र (प्रा०)।

astrolatry n. तारापूजन, नक्षत्रपूजा।

astrologer n. सांवत्सरिक, कार्तान्तिक, मौहूर्तिक, ज्योतिषक, फलित-ज्योतिषी, गणक, दैवज्ञ, जोशी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

astrologic, -al aa. फलित-ज्योतिष-सम्बन्धी, प्रश्न-ज्योतिष-विषयक।

astrology n. उपश्रुति, दैवज्ञता, नक्षत्रफल-गणनविद्या, फलित-ज्योतिष, मुहूर्त-ज्योतिष, प्रश्न-ज्योतिष; व्यावहारिक गणित ज्योतिष।

astrometer n. ताराज्योति-मापक यन्त्र।

astrometry n. तारा-दूरी-मापन-विज्ञान।

astronomer n. खगोल-वेत्ता, ज्योतिर्विद्, गणित-ज्योतिषी।

astronomic, -al aa. गणित-ज्योतिष विषयक, खगोलविद्याका; ~ figures खगोलीय आकृतियाँ; ~ distances खगोलसम्बन्धी अन्तर।

astronomy n. खगोल-विज्ञान, नक्षत्र-विद्या, ग्रह-विद्या, ज्योतिष-शास्त्र, गणित-ज्योतिष।

astro-photography n. नक्षत्र छाया-चित्र विज्ञान।

astute a. विदग्ध, विचक्षण, मेधावी, कुशाग्र-बुद्धि, तीक्ष्ण-बुद्धि; कार्यदक्ष, निपुण, चतुर, होशियार; शठ, कुटिल, कपटी, धूर्त, चालाक, मक्कार।

astuteness n. विचक्षणता, बुद्धिमत्ता, निपुणता; कुटिलता, धूर्तता, शठता, चालबाजी।

astylar a. स्तम्भहीन।

asunder adv. विरल, पृथक्-पृथक्, अलग-अलग, दूर; *tear* ~ टुकड़े-टुकड़े करना, धज्जियाँ उड़ाना।

asylum n. दीनाश्रम, अनाथाश्रम; (विशे०) पागलखाना; विश्राम-स्थल, उपचारालय, शरण; शरणस्थान, अभियुक्तों अथवा ऋणियोंके लिए आश्रय।

asymmetry n. अव्यवस्था, अस्त-व्यस्तता।

asymptote n. अनन्तस्पर्शी रेखा, स्पर्शोन्मुख रेखा (एक रेखा जो कि दी हुई वक्र रेखाके पास पहुँचती है किन्तु निश्चित दूरीके भीतर उससे मिलती नहीं है)।

asynartete a. असम्बद्ध, स्वच्छन्द।

asynchronism n. काल-दोष।

asyndeton n. द्वन्द्व समास।

asyntactic a. अनियमित; व्याकरण-विरुद्ध।

At n. (Women's) Auxiliary Territorial Service की सदस्या।

at* prep. (ला०) में, पै, पर; की ओर, की तरफ, पर (जैसे, *aim* ~, *arrive* ~ *a place*, *hint* ~); ~ *all* नितान्त, किसी भी दशामें, बिलकुल, सभी तरहसे; ~ *all events* सर्वथा; ~ *best* उत्तम रूपमें, भलीभाँति; ~ *daggers drawn* खूनके प्यासे, जानी दुश्मन; ~ *first* प्रारम्भमें, पहले-पहल; ~ *least* कमसे कम; ~ *most* अधिकसे अधिक; ~ *one's mercy* हाथमें; ~ *one* सामंजस्य और समझौतेके साथ; ~ *random* अटकल पच्चू; ~ *sea* हक्का-बक्का; ~ *that* इस अनुमानसे; ~ *worst* निकृष्ट रूपमें, बुरीसे बुरी अवस्थामें।

ataraxy n. आत्मसंयम।

atavism n. पैतृकानुवृत्ति, पूर्वजोंसे सादृश्य या साम्य, पुरखोंकी अनुरूपता।

atavistic a. पूर्वजोंके रोगसे रोगी।

ataxy, ataxia nn. शारीरिक क्रिया-वैषम्य; locomotor ~ शिथिलता, हाथ-पाँव आदिके चलानेमें शारीरिक निर्बलता।

ate दे० EAT।

atelier n. शिल्पागार।

athanasia n. अमरत्व, अमरता।

athanasy n. अमरत्व, अमरता।

atheism n. नास्तिकता, नास्तिक मत, अनीश्वरवाद; ईश्वरके अस्तित्वमें अविश्वास।

atheist n. नास्तिक, अनीश्वरवादी, निरीश्वरवादी।

atheistic, -cal aa. नास्तिकता-सम्बन्धी, अनीश्वरवाद विषयक, नास्तिक का।

atheling n. युवराज, राजपुत्र, राजकुमार; कुँवर, अभिजात व्यक्ति।

Athenaeum n. साहित्यिक या वैज्ञानिक गोष्ठी या सभा; (विशे०) लन्दनकी *the A*~; वाचनालय, पुस्तकालय।

atheologist a. & n. धर्म विरोधी, धर्म विरुद्ध।

athermanous a. नोष्मपारेषी।

athirst pred. a. तृषार्त, तृषित, पिपासु, प्यासा; उत्सुक, उत्कंठित, अत्यन्त आकांक्षी, लालसायुक्त, लोलुप, तृष्णालु।

athlete n. हृष्ट-पुष्ट, हट्टा-कट्टा, बलवान, तेजस्वी, ओजस्वी, साहसी व्यक्ति; शारीरिक व्यायामोंका प्रतियोगी, मल्ल, कसरती, पहलवान।

athletic n.& a. शारीरिक दृष्टिसे शक्तिशाली, हृष्ट-पुष्ट, बलिष्ठ, बलवान; व्यायामशील, व्यायाम-विषयक, मल्ल-क्रीड़ा विषयक; (n. pl.) शारीरिक व्यायामोंका अभ्यास, मल्ल विद्या, क्रीड़ा प्रतियोगिता, कसरत।

athleticism n. पहलवानी।

at-home n. स्वागत-सत्कार।

athwart adv. & prep. कुटिल बुद्धिसे; प्रतिकूल, विपरीत, विपक्षमें, खिलाफ; आरपार; (विशे०) आड़ा, तिरछा; ~-hawse लंगरपर रुके हुये दूसरे जहाजके अग्रभागके आरपार।

atlantes n. (बहु०) पुरुषाकार स्तम्भ, आदमीकी शक्लके खम्भे, (स्तम्भोंके रूपमें पत्थरोंपर खुदी हुई) पुरुषोंकी आकृतियाँ।

Atlantic १. n. अन्ध महासागर, अटलाण्टिक महासागर; २. a. (लिबियाके) एटलस पर्वतसे सम्बन्धित, अटलाण्टिक (सागर)।

atlas n. भू-चित्रावली, मान-चित्रावली; चित्र बनानेका बड़े आकारका कागज; (श०र०शा०) चूड़ावलय, प्रथमग्रीवा (कशेरुक), अतिलेश (सबसे ऊपरकी गुरिया जिसपर खोपड़ी टिकी हुई है); (चिकि०) शीर्षधरा, एटलस।

atmologist n. वाष्प या वायु सम्बन्धी ज्ञानका अध्ययन करनेवाला।

atmology n. वाष्प-विज्ञान, वायुशास्त्र।

atmolysis n. वात्यशन, वायुविश्लेषण।

atmosphere n. वातावरण; परिवेष्टन, घेरा; अन्तरिक्ष,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

वातचक्र, वायुचक्र, वायुमण्डल; मानसिक या नैतिक परिस्थिति, व्याप्ति; वात, वायु, हवा; (बहु०) एक वर्ग इंचपर १५ पौण्डका दबाव (जो कि वायुमण्डलके द्वारा धरतीपर होता है)।

atmospheric, -al aa. वायव्य, वायव, वायुमण्डलीय, अन्तरिक्षीय, वायुचक्रका।

atmospherics n. (बहु०) खक्षोभ, नभः क्षोभ, वायुमण्डल-बाधा, वायुमण्डलमें बिजलीकी गड़बड़ीके कारण बेतारके तारमें विघ्न।

atoll n. प्रवालवलय, मूँगाद्वीप, वलयाकार प्रवालद्वीप।

atom n. अणु, परमाणु, कण, कणिका, सूक्ष्म अंश, अति-क्षुद्र भाग, जर्रा; लघु पदार्थ, छोटी चीज; ~ bomb परमाणु बम, ऐटम बम; chemical ~s रासायनिक लघुतम अणु या परमाणु जिनमें तत्त्व परस्पर या एक दूसरेमें सम्मिलित होते हैं; physical ~ भौतिक परमाणु।

atomic, -cal aa. परमाण्विक, परमाणवीय, परमाणु-सम्बन्धी, परमाणुरूप, परमाणु-निर्मित; ~ bomb अणु बम, परमाणु बम; ~ commission परमाणु-आयोग; ~ energy परमाणु-ऊर्जा, अणु-शक्ति, परमाण्विक शक्ति; ~ philosophy परमाणुवाद, परमाणु सिद्धान्त (जिसके अनुसार सभी पदार्थोंकी रचना परमाणुसे मानी जाती है); ~ theory (रसा०) परमाणु-सिद्धान्त; ~ warfare परमाणु-युद्ध, परमाण्विक युद्धकला; ~ weight (रसा०) परमाणु-भार, अणु-अनुपात।

atomical a. परमाण्विक, परमाणु-सम्बन्धी।

atomicity n. (रसा०) परमाण्विकता, किसी मूलतत्त्वके व्यूहाणुमें परमाणुओंकी संख्या; (पूर्व अर्थमें) दे० VALENCY।

atomics n. परमाण्विकी, परमाणु-विज्ञान।

atomism n. सूक्ष्मवाद, परमाणुवाद, परमाणु-प्रक्रिया सिद्धान्त, परमाणु-दर्शन।

atomist n. सूक्ष्मवादी, परमाणुवादी, परमाणु-ज्ञानी।

atomistic a. परमाणुवादी, परमाणुवादीका, परमाणु-वाद या परमाणुवादीसे सम्बन्धित।

atomization n. परमाण्वीकरण, शीकरण, परमाणुओंमें परिणति।

atomize v.t. परमाणु बनाना, परमाणुओंमें परिवर्तित करना।

atomizer n. (औषध) अणुकारी यन्त्र, कणकारक, छिड़कनेका यन्त्र।

atomy[1] n. परमाणु, क्षुद्रवस्तु, तुच्छ पदार्थ, जर्रा।

atomy[2] n. कंकाल, अस्थि-पंजर, ढाँचा; क्षीण शरीर, दुबला शरीर।

atonable a. प्रायश्चित्त करने योग्य।

atonal a. विषमतान, बेसुरा, स्वरहीन, बेमेल; निर्बल।

atone v.t. & i. परिशोध करना, क्षतिपूर्ति करना, हरजाना देना; (विशे०) ~ *for* प्रायश्चित्त करना, प्रायश्चित्त लेना, पापसे निस्तार पाना; मैत्री करना, सन्धि करना, मेल करना, एकमत होना, सुलझाना।

atonement n. क्षतिपूर्ति, हरजाना; परिशोधन, प्रायश्चित्त; विग्रहनिवारण, सन्धि, मैत्री, मेल।

atonic n. & a. अस्वरित, स्वराघातहीन, स्वराघात-रहित; (निदा०) निस्तेज, तेजहीन, कान्तिहीन; अस्वरित शब्द, स्वराघातहीन शब्द।

atoning a. प्रायश्चित्तकारी।

atony n. स्वराभाव, अतान; अत्यधिक विश्राम; शक्ति-हीनता, निर्बलता।

atop adv. शिखरपर, चोटीपर, ऊपरी भागमें, ऊँचाईपर।

atrabilious a. म्लानचित्त, चिन्तित, उदास; क्रोधी, सनकी, चिड़चिड़ा; कृष्णपित्ती, काले पित्तवाला।

atramental a. कृष्ण, स्याहीदार, स्याह, काला।

atrium n. उत्कोष्ठ; प्रांगण, आँगन; बरसाती, ड्योढ़ी।

atrocious a. अतिभ्रष्ट, अतिदुष्ट, बहुत खराब (जैसे, ~ *pun*); बीभत्स, भीषण, घोर, पाशविक, पापिष्ठ, नृशंस, बेदर्द, जालिम।

atrociousness n. बीभत्सता, अतिभ्रष्टता; पाशविकता, नृशंसता, दुष्टता, अनाचार।

atrocity n. बीभत्सता, नृशंसता, भीषणता, उग्रता, पाजीपन; क्रूरता, घोर कर्म, दुष्ट कर्म, अत्याचार; भयंकर भूल।

atrophy[1] n. (ला०) कृशता, क्षीणता, निर्बलता, दुर्बलता; क्षय, क्षयरोग, शरीरशोषण, सूखा रोग।

atrophy[2] v.t. & i. शक्ति क्षय करना या होना, कृश करना या होना, घुलाना या घुलना, सुखाना या सूखना।

atropous a. अपरिवर्तनीय।

attach v.t. & i. संयुक्त करना, सम्बद्ध करना, जोड़ना, लगाना; सम्मिलित होना, शामिल होना, साथ हो जाना, जा मिलना; मित्रतामे बाँधना, साथी बनाना; अनुरक्त बनाना, प्रेमी बनाना, मिला लेना (जैसे, *is deeply ~ed to her*); (महत्त्व) प्रदान करना, सम्मानित करना, आदर देना; (कानून) (कानूनी अधिकारसे किसी व्यक्तिकी सम्पत्तिको) आग्रहण करना, अपहरण करना, अधिकारमें कर लेना, जब्तकर लेना; लगना, आना, पड़ना, आ पड़ना (जैसे, *no blame ~es to*)।

attachable a. सम्बन्धनीय, सम्मिलित करने योग्य, जोड़ने योग्य, मित्र बनाने योग्य; जब्त करने योग्य।

attache n. आसंगी, सहचारी, राजदूतका सहकारी, अटैची; ~ case (आवश्यक कागजातके लिए) चमड़ेका छोटा सन्दूक, बक्स, अटैची केस।

attached a. संलग्न, लगा हुआ, साथ लगा हुआ; (कानून) अभ्यागृहीत, कुर्क किया हुआ; (जीववि०) निलग्न; आसक्त, आसंजित, उपायुक्त।

attachment n. संयोजित वस्तु, सम्बद्ध वस्तु, लगी हुई चीज; आसक्ति, आसंग, आसंजन, योग, सम्बन्ध; बन्धन, रज्जु, रस्सी; अनुरक्ति, अनुराग, स्नेह, प्रीति, प्रेम, निष्ठा, अनुरति, प्यार, मुहब्बत, चाव; (कानून) अभ्याग्रहण, कुर्की, जब्ती (जैसे, ~ *of money order*); ऋणपूर्तिके हेतु परदेशी मालकी जब्ती या कुर्की।

attack[1] n. आक्रमण, अभियान, अभिक्रमण, धावा;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

आक्षेप; प्रतिकूल प्रवाह, उलटा प्रभाव ।

attack[2]* v.t. अभियान करना, आक्रमण करना*, धावा करना*, चढ़ाई करना; (औषधका) कुप्रभाव पड़ना, हानिकर होना, घातक सिद्ध होना, नाशक सिद्ध होना, बुरा असर डालना ।

attackable a. आक्रमणीय, हमला करने लायक; नश्य ।

attain v.t. & i. प्राप्त करना, लाभान्वित होना, पा लेना; उपलब्ध करना, हासिल करना; सम्पादन करना, सिद्ध करना, साध लेना; ~ *to* पहुँचना, आ पहुँचना, आ मिलना ।

attainable a. प्राप्तव्य, प्रापणीय, लभ्य, प्राप्य; अधिगम्य, अधिगमनीय, अधिगन्तव्य, सम्पादनीय, साध्य; गम्य, गमनीय, पाने योग्य ।

attainableness, attainability nn. प्रापणीयता, लभ्यता, प्राप्यता; सम्पादनीयता, साध्यता, अधिगम्यता, गमनीयता ।

attainder n. कलंक, अपयश; कलुषीकरण, मृत्युदण्ड अथवा विधानबहिष्कृतिका परिणाम ।

attainment n. अभ्याप्ति, उपलब्धि, सिद्धि, अवाप्ति, सम्प्राप्ति, सम्पादन; प्राप्त वस्तु, उपलब्ध वस्तु, पायी हुई चीज; (विशे०) वैयक्तिक सिद्धि, गुण या योग्यता ।

attaint v.t. कलुषित करना, दूषित करना, भ्रष्ट करना, कलंकित करना, बदनाम करना; (रोगोंका) आक्रमण करना, प्रभाव डालना, पैदा हो जाना ।

attainted a. संकलुषित, कलुषित, दूषित, भ्रष्ट ।

attainture n. कलंक; अवमान ।

attar n. इत्र, अतर ।

attemper v.t. प्रशमित करना, शान्त करना, अनुरूप बनाना, अनुकूल करना; मिश्रित करना, मिलाना, समोना; समशीतोष्ण बनाना, तापमानको संयत करना; मैत्री करना, एकरूप बना लेना; (धातुको) पानी चढ़ाना, आब देना, बुझावा देना ।

attemperment n. अनुकूलीकरण, एक-सुरता; प्रशमन; मिश्रण; तापमान-संयमन; बुझाव, आब, पानी ।

attempt[1] n. यत्न, प्रयत्न, प्रयोग, उपक्रम, उपाय, कोशिश; उद्यम, उद्योग, प्रयास; आजमाइश ।

attempt[2]* v.t. प्रयास करना, प्रयत्न करना*, कोशिश करना; परीक्षा करना, जाँच करना, आजमाना; आक्रमण करना, वशमें करने या आधीन बनानेका उपाय करना; ~ *the life of* वध करनेका यत्न करना, जान लेनेकी कोशिश करना ।

attemptability n. यत्नीयता ।

attemptable a. यत्नसाध्य, यतनीय; आक्रमणीय ।

attend v.t. उपस्थित होना, हाजिर होना, मौजूद रहना; प्रस्तुत रहना, परिचर्या करना, सेवामें उपस्थित रहना, सेवा करना; मनोयोगी होना, चित्त लगाना, ध्यान देना; लवलीन होना, जुट जाना; (v. i.) भेंटके लिए उपस्थित रहना, मिलनेके लिए प्रस्तुत रहना, मुलाकातके लिए हाजिर होना; रक्षार्थ किसीके साथ जाना, साथ देना, संग करना; (किसी भाषण आदिमें) उपस्थित होना, पहुँचना ।

attendance n. उपस्थिति, विद्यमानता, हाजिरी, मौजूदगी, चाकरी; श्रोता, श्रोतृगण, उपस्थित जनसमूह; अवधान, उपस्थान, ध्यान, लक्ष्य; उपासन, उपचार, शुश्रूषा, सेवा, परिचर्या; *dance* ~ *on* दरबारदारी करना, सेवा करना ।

attendant १. n. अनुवर्ती, अनुगामी, अनुचर, परिचर, परिचारक, भृत्य, चाकर, सेवक, दास; २. a. आनुषंगिक, अनुगामी, सहवर्ती, सहगामी, परिचारक, अनुचर, प्रतीक्षा करनेवाला, हाजिरी बजानेवाला, साथ रहनेवाला (जैसे, ~ *circumstances*); उपस्थित, विद्यमान, हाजिर, मौजूद (जैसे, ~ *crowd*) ।

attender n. ध्यानमग्न ।

attending a. उपस्थायी, हाजिर ।

attention* n. & int. अवधान, अनुष्ठान, ध्यान*, गौर, ख्याल; अभिनिवेश, मनोयोग, मनन; मनोयोग-शक्ति, ध्यान-शक्ति, सावधानता, एकलक्ष्यता, दत्त-चित्तता, एकाग्रता, तवज्जह (जैसे, *attract, call* ~); ऊहापोह, विभावन, विचारणा, विचार, मनन, चिन्ता, परवाह, फिक्र; (बहु०) शालीनता, भद्रता, नम्रता, विनम्रता, आदर-सत्कार, सम्मान, खुशामदी वर्ताव (जैसे, *come to, stand at* ~*s*); सैन्यव्यवहार पालन करना, सावधान होना; ~ ! सावधान ।

attentive a. दत्तचित्त, चैतन्य, सचेत, सतर्क, अवहित, सावधान, मनोयोगी, ध्यानस्थ; विनम्र, नम्र, मृदु, सभ्य, शिष्ट, सुजन, सुशील, विनीत; उद्यमी, उद्योगी, उद्योगशील, परिश्रमी, मेहनती ।

attentiveness n. एकाग्रचित्तता, सावधानी; शिष्टता, सौजन्य; उद्योगशीलता ।

attenuant a. कृशकारक, कृश अथवा दुबला करनेवाली ओषधि ।

attenuate[1] a. = ATTENUATED.

attenuate[2] v.t. कृश करना, क्षीण करना, दुबला या पतला करना, सूक्ष्म करना, बारीक करना ।

attenuated a. तनु, क्षाम, कृश, क्षीण, दुबला, सूक्ष्म, बारीक; तनूकृत, कृशीकृत, क्षीणीकृत, सूक्ष्मीकृत, विरली-कृत, पतला किया हुआ ।

attenuation n. प्रतनूकरण, कृशीकरण, क्षीणीकरण; अल्पीकरण, घटाव, कमी, उतार; कृशता, क्षीणता; सूक्ष्मता ।

attest v.t. अभिप्रमाणित करना, संवीक्षण करना, साक्षी देना, गवाही देना, तसदीक करना; शपथ दिलाना, दायित्वपूर्ण घोषणा करना; अधीनताकी शपथ ग्रहण करना, राजभक्ति अथवा राजनिष्ठाकी शपथ लेना, हलफ लेना; (v.i.) साक्ष्य देना, साक्षी होना, गवाही देना, गवाह होना, शहादत देना ।

attestable a. संवीक्षणीय, अभिप्रमाणीय ।

attestation n. साक्ष्यांकन, अभिप्रमाणन, प्रमाणीकरण, तसदीक; प्रमाण, साक्षी, शहादत, गवाही; साक्ष्य या

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri Funding: IKS

प्रमाण-पत्र; शपथ-ग्रहण ।

attestator, attestor n. अभिप्रमाता, प्रमाणक, अभिसाक्षी, संवीक्षक; शपथ दिलानेवाला, हलफ लेनेवाला ।

attested a. अभिप्रमाणित, साक्षीकृत ।

attic n. प्रकोष्ठ, अटारी ।

attire १. n. वेश, परिधान, वस्त्र, पोशाक, सिंगार, लिबास, कपड़े; २. v.t. वस्त्रालंकार धारण करना, परिधान पहनना, वेश बनाना, पोशाक पहनना; सँवारना, सजाना ।

attired a. वसनीय, सुवेशित, अलंकारयुक्त ।

attitude n. वृत्ति, स्थिति, अवस्था, प्रकृति, रुख, ढंग; अंग-विन्यास, अंग-संस्थिति, आसन, शरीरकी स्थिति, मुद्रा, रूप, ढंग (जैसे, *strike an* ~); निश्चित व्यवहार; मत, विचार या सम्मति; संस्थित भाव, मनोभाव; ~ *of mind* विचार-पद्धति, विचार-क्रम, चिन्तनशैली, मनःस्थिति ।

attitudinal a. भाव-सम्बन्धी, अवस्था-सम्बन्धी ।

attitudinarian n. मनोभाव ज्ञाता ।

attitudinize v.i. मिथ्या आकृति बनाना, कृत्रिम मुद्राओंका अभ्यास करना, बनावटी ढंग रचना; प्रदर्शनपूर्ण बर्ताव करना, स्वांग भरना, दिखावा करना ।

attorn v.t. & i. (कानून) स्थानान्तरित करना या होना, हस्तान्तरित करना या होना ।

attorney[1] n. प्राभिकर्त्ता, नियुक्तक, न्यायवादी, मुख्तार; A~ General महाभिकर्ता, महान्यायवादी; *abuse plaintiff's* ~ वकीलको सलाह देना ।

attorney[2] n. अधिकार; *letter, warrant of* ~ प्राभिकर्ताका अधिकार पत्र, वकालतनामा, मुख्तारनामा; *power of* ~ नियुक्तक-शक्ति, मुख्तारी या वकालतके अधिकार ।

attorneyship n. नियुक्तक-पद, न्यायवादीका पद; अभिकार्य ।

attornment n. स्थानान्तरण, हस्तान्तरण; अधिनियमानुकूल स्वीकृति, कानूनी मान्यता ।

attract v.t. समाकर्षित करना, आकृष्ट करना, आकर्षित करना, लुभाना, खींचना; (व्यक्तिकी आनन्दमयी भावनाओंको) जाग्रत करना, प्रेरित करना, लुभाना ।

attractability n. आकर्षणीयता, आकर्षण योग्यता ।

attractable a. आकर्षणीय, मोहित करने योग्य ।

attractant n. आकर्षक ।

attractile a. आकर्षणशील ।

attraction n. समाकर्षण, प्रकर्षण, आकर्षण, विमोहन, प्रलोभन, लुभाव, खिंचाव; आकर्षण शक्ति, प्रलोभन शक्ति, मोहनी शक्ति; आकर्षक गुण; (ला०) आकर्षक वस्तु, मोहक वस्तु; ~ of gravity गुरुत्वाकर्षण; capillary ~ केशाकर्षण (जिसके द्वारा तरल पदार्थ नलियों द्वारा ऊपर चढ़ता है); magnetic ~ चुम्बकीय आकर्षण; molecular ~ अणु-आकर्षण, आण्विक आकर्षण ।

attractive a. समाकर्षक, आकर्षक, आकर्षणशील, आकर्षणक्षम, मनोहारी, चित्तापहारी, विमोहक, प्रलोभक, दिलचस्प ।

attractiveness n. समाकर्षत्व, आकर्षणशीलता, आकर्षणक्षमता, मनोहरता, मोहकता ।

attractor n. आकर्षणकारी, आकृष्ट करनेवाला ।

attrahent a. आकर्षक, खींचनेवाला ।

attributable a. आरोप्य, आरोपणीय, अध्यासनीय; संकेत करने योग्य, बुनाने योग्य; लगाने लायक ।

attribute[1] n. गुण, लक्षण, विशेषता ।

attribute[2] v.t. (गुण) अध्यासित करना, आरोपित करना, गुण बताना, विशेषता बताना; विक्षेप करना, सम्बन्ध बताना, मत्थे मढ़ना; (कारण) संकेत करना, सूचित करना; (समय, स्थान) निर्धारित करना, निश्चय करना, ठहराना ।

attribution n. अध्यास, आरोप, आरोपण, रोपना, लगाना; संकेतन; (किसी शासक आदिको दिया गया) अधिकार, सत्ता ।

attributive १. n. गुणवाचक शब्द (जैसे, *the old dog* में *old*); २. a. (तर्क०) विशेषक; (व्या०) गुणवाचक, गुणप्रकाशक ।

attrite a. घर्षण द्वारा क्षय प्राप्त, घिसनेके कारण विनष्ट ।

attrited a. घर्षण द्वारा जर्जर, सुघृष्ट, जर्जरित, घिसा-पिसा ।

attriteness n. घिसावट, सुघृष्टता ।

attrition n. पेषण, घर्षण, रगड़, घिसाव; रगड़न, छिलन, खरोंचन; अनुताप, पश्चात्ताप, पछतावा; *war of* ~ बहुत देरतक लड़नेवालेके पक्षमें हो जाना ।

attune v.t. समस्वर करना, एक स्वर करना, सुर मिलाना, एक लय या तालमें करना; स्वर-संवादन करना, तार मिलाना, मेल बैठाना; अनुकूल करना ।

atwixt a. मध्य ।

atypic a. अनियमित, सामान्य ।

auberge n. सराय ।

auburn a. रक्तपीत, कपिश, पांडुवर्ण, सुनहरा, सुनहरे-भूरे (विशे० बाल, केश) ।

auction १. n. क्रोश-विक्रय, नीलाम; २. v.t. नीलाम द्वारा विक्रय करना, बोलीपर बेचना; Dutch ~ उल्टा नीलाम (जिसमें ग्राहक न मिलनेतक मूल्य कम करते जाते है);

~-notice, ~ paper, ~ premium, ~ price, ~ proceeds, ~ purchaser, ~ sale memoranda, ~ sale-proceeds, ~ sale report.

auctionary a. नीलाम-सम्बन्धी, नीलामी ।

auctioneer १. n. क्रोश-विक्रेता, नीलाम करनेवाला; २. v.t. नीलाम करना या कराना ।

auctioneering n. नीलामका व्यवसाय ।

auctorial a. लेखकीय, रचयिता-सम्बन्धी, ग्रन्थकर्ताका ।

audacious a. साहसी, निर्भय, निडर, जीवटका, बेधड़क, बहादुर, दिलेर; उद्धत, धृष्ट, अक्खड़, ढीठ, गुस्ताख ।

audaciousness n. = AUDACITY.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

audacity n. साहसिकता, निडरता, जीवट, दिलेरी; औद्धत्य, धृष्टता, निर्लज्जता, ढिठाई।

audibility n. श्रव्यता, श्रवणीय, =AUDIBLENESS।

audible a. श्रव्य, कर्णगोचर, श्रवणीय, स्पष्ट, जो सुना जा सके।

audibleness n. श्रव्यता, श्रवणीयता, कर्णगोचरता, स्पष्टता।

audience n. श्रवण, आकर्ण, सुनवाई; साक्षात्कार, दर्शन, भेंट; श्रावकगण, श्रोतृगण, श्रोताजन, श्रोता, सुननेवाला; *to give* ~ दर्शन देना; *right of* ~ श्रवणाधिकार, सुने जानेका अधिकार।

audient a. & n. श्रवणकारी; मनोयोगकारी; श्रोता।

audile a. & n. श्रावणी स्नायुओंके द्वारा प्राप्त (वृत्त); श्रवणात्मक प्रभावोंके प्रति विशेष रूपसे संवेदनशील (व्यक्ति)।

audiometer n. श्रव्यतामान, श्रवण शक्ति मापक, सुननेकी शक्तिको नापनेका एक यन्त्र।

audi-phone n. = DENTIPHONE, दन्त-श्रोत्र, श्रुति-यन्त्र, श्रवण सहायक यन्त्र।

audit[1] n. लेखा-परीक्षा, अंवेक्षा, लेखेक्षण, आय-व्ययकी सरकारी परीक्षा; जमींदार और किसानके बीचमें हिसाब-का मियादी भुगतान; ~ account परीक्षा-लेखा; ~ ale विशेष प्रकारकी जौकी शराब; ~ house, ~ room आय-व्ययका परीक्षा-भवन, गिरजाघरका कोई कक्ष, कारोबारी कमरा।

audit[2] v.t. लेखा-परीक्षा करना, अंकेक्षा करना, आय-व्ययका परीक्षण करना; हिसाब-किताबकी जाँच करना; ~ adjustment, ~ authority, ~ board, ~ book, ~ certificate, ~ charges, ~ chart, ~ check, ~ circle, ~ clerk, A~ Code, ~ control, ~ department, ~ enfacement, ~ instructions, ~ jurisdiction, ~ matters, ~ memorandum, ~ note, ~ objection, ~ objection book, ~ objection statement, ~ office, A~ Officer, ~ party, ~ pencil, ~ programme, ~ remark, ~ report ~ requirements, ~ review, ~ ruling.

audited a. लेखा-परीक्षित, अंकेक्षित।

audition n. आश्रवण, श्रवण, आकर्णन, सुनना, कान धरना; श्रवण-शक्ति, आकर्णन-शक्ति, सुनने की ताकत; गायककी ध्वनि परीक्षा।

auditive a. श्रवण शक्ति सम्बन्धी, सुननेसे सम्बद्ध।

auditor n. आकर्णक, श्रोता, सुननेवाला; लेखा-परीक्षक, आय-व्यय परीक्षक, हिसाबकी जाँच करनेवाला; A~ General महालेखा-परीक्षक, महांकेक्षक।

auditorial a. आय-व्यय परीक्षा विषयक, लेखेक्षणसे सम्बन्धित, लेखा निरीक्षकका, हिसाबकी जाँचका।

auditorium n. श्रोतृशाला, श्रोताओंके लिए बना भवन।

auditorship n. लेखेक्षकका पद, आय-व्यय परीक्षकका काम।

auditory १. n. श्रोतृसमाज, श्रोतागण, सुननेवालोंका वर्ग; २. a. श्रवणात्मक, श्रवण-सम्बन्धी, आकर्णन-विषयक।

auditress n. लेखेक्षिका, आय-व्यय परीक्षक महिला।

Augean a. अत्यधिक मलिन, गन्दा, बहुत मैला।

auger n. शूलिका, शूल, बरमी, बरमा; धरतीमें छेद करने का यंत्र, जमीनका बरमा।

aught १. n. कोई वस्तु, कोई चीज, कोई बात; २. adv. कितनी ही, किसी प्रकारसे, किसी कोटितक, किसी हदतक, कैसे ही।

augment[1] n. (व्या०) अडागम, स्वरागम (जोकि प्राचीन आर्य-भाषाओंके भूतकालमें उपसर्गकी भाँति प्रयुक्त होता है)।

augment[2] v.t. & i. महत्तर बनाना, श्रेष्ठतर बनाना, उच्चतर बनाना, और बड़ा करना, वृद्धि करना, बढ़ाना, अधिक करना, बढ़ाना; किसी शब्दके पूर्व स्वरको जोड़ना, आगमका योग करना; वृद्धि पाना, बढ़ना।

augmentation n. वर्धन, वृद्धि, विस्तार, बढ़ाव, बढ़ती; उपचय, ऋद्धि, आगम, अभ्युदय, समुन्नति, विकास, योग, जोड़; (संगी०) अलाप, गान-पुनरावृत्ति, तान बढ़ाना, एक ही सुरको दुगने या चौगुने सुरोंमें दुहराना।

augmentative, augmentable १. aa. सम्वर्धक, वर्धक, वर्धनशील, वृद्धिशील, उन्नतिशील; (व्या०) आगम, आदेश या व्युत्पत्तिज-सम्बन्धी (जो मूल शब्दके अर्थकी शक्तिको बढ़ाये); २. n. (शब्द) आगम (मूलशब्दके अर्थको बढ़ानेवाला शब्द)।

augmented a. आवर्धित।

augmenter n. आवर्धक।

augur[1] n. शकुनवक्ता, निमित्तज्ञ, भविष्यवक्ता, दैवज्ञ, नजूमी (विशे० रोमका)।

angur[2] v.t. & i. शकुन बताना, लक्षण बताना, भविष्य बताना, अनुमान करना; ~ *ill* अशुभ होना, बुरे लक्षण होना; ~ *well* शुभ होना, अच्छे शकुन होना; *it ~s ill* बुरे लक्षण दिखायी देते हैं।

augural a. शाकुनिक, शकुनज्ञ-सम्बन्धी; भविष्य सूचक, भविष्यद्योतक, पूर्वलक्षण प्रकट करनेवाला, आगेका पता देनेवाला।

augurial a. शकुन-सम्बन्धी।

augury n. शकुन, सगुन; पूर्वभावना, पूर्वकल्पना, आभास, भान, खटका; भावी, भवितव्यता, होनहार।

August[1] n. (आगस्टस सीज़रके नामपर अंग्रेजी वर्षका आठवाँ मास) अगस्त।

august[2] a. ऐश्वर्यपूर्ण, प्रभावपूर्ण, गरिमायुक्त, प्रतापी, महान्, श्रद्धास्पद, सम्माननीय, नृपोचित, राजसी।

augustness n. ऐश्वर्यपूर्णता, गरिमा, प्रताप, नृपौचित्य।

aula n. दालान; विचारालय, अदालत।

aulic a. राजसम्बन्धी, राजदरबारी; A~ Council (जर्मन) सम्राट्की निजी परिषद्।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: MoE

aunt n. चाची, काकी, ताई, मामी, बुआ, मौसी, खाला; A ~ Sally मेलोंमें एक प्रकारका खेल (जिसमें एक काठकी औरतके मुँहमें रखी नलीपर खेलनेवाले लकड़ियाँ फेंकते हैं)।

aura n. भीनी-भीनी गन्ध, महक, लपट; कँपकपी, थरथरी, मिरगी-रोग या मूर्च्छा रोगका लक्षण।

aural a. कर्णीय, कर्णेन्द्रिय-सम्बन्धी, कानका; कर्णगोचर, श्रुतिगत, कर्णगत, सुनी हुई, कानमें पड़ी हुई।

aureate a. स्वर्णिम, सुनहला, सोनेके रंगका, चमकीला, पीले रंगका; देदीप्यमान, आभामय, उज्ज्वल, प्रकाशमान्, चमकीला, पानीदार।

aurelia n. (जन्तु) स्वर्णयोनि, आरेलिया (जेली मत्स्य विशेष), फासफोरसी समुद्री जन्तुओंका प्रकार विशेष, सोनीला; (पूर्व अर्थ) क्राइसेलिस, हेमकोश्या, गण्डाला, कमला; पंख निकलनेके पूर्वकी अवस्था (विशे० तितलीकी)।

aurelian १. a. आरेलियाका, हेमकोश्यासे सम्बन्धित; स्वर्णिम, सुनहरी; २. n. कीट पतंगोंको एकत्र करनेवाला या पालनेवाला।

aureola n. ज्योतिर्मय स्वर्गीय मुकुट, दैवी मुकुट, स्वर्गीय प्रभापूर्ण किरीट; संसार, शरीर अथवा पापपर विजय पानेके लिए (शहीदों, कुमारियों और मनीषियोंको) दिया जानेवाला दिव्य-मुकुट।

aureole n. स्वर्गीय मुकुट, दिव्य किरीट; स्वर्णवृत्त; आभामण्डल, प्रभामण्डल, प्रकाशवृत्त; द्युति, आभा; (ग्रहणमें दिखायी देनेवाला) प्रकाश-मण्डल, ज्योति-मण्डल।

auric a. स्वर्णिम, स्वर्ण सम्बन्धी, सोनेका; (रसा०) स्वर्णिक (जिसमें सोना तीसरे अंशके रूपमें सम्मिलित हो)।

auricle n. अलिन्द, कर्णक, कर्णशष्कुली, हृत्कोष; पशुका बहिःकर्ण, बाह्य कर्ण, बाहरी कान।

auricled a. हृत्कोषयुक्त, कर्णशष्कुलीयुक्त।

auricula n. कर्णपल्लव, रीछके कान जैसी पत्तियोंवाला पौधा; घोंघा आदिकी एक जाति।

auricular a. अलिन्दके आकारका, कर्णकके आकारका; कर्णीय, कर्ण-सम्बन्धी, कानका; गुप्त रूपसे कानमें कहा हुआ (जैसे, ~ *confessions*); हृत्कोष्ठीय, हृत्कोष्ठ-सम्बन्धी।

auriculate, -ed a. कर्णित, कर्णाकार, कर्णाकृतिक, कानकी आकृतिका, कान जैसा।

auriferous a. स्वर्णोत्पादी, स्वर्णोत्पादक, स्वर्णभर, स्वर्णयुक्त, सोना देने या उगलनेवाला।

auriform a. कर्णाकार, कर्णाकृतिक, कानकी आकृतिका, कानका-सा।

aurilave n. कान साफ करनेका यन्त्र।

aurist n. कर्ण-विशेषज्ञ, कानकी बीमारियोंका डाक्टर।

aurochs n. (लुप्त) वन्य वृषभ, अप्राप्त बनैला बैल; (असंगत) यूरोपीय वन्य वृषभ, बनैला बैल, अरना (अन्ना) भैंसा, साँड़।

Aurora n. उषस्, उषा, प्रभात, प्रात, पौ फटना, सुबह; तड़का, भोर; (पुराण) अरुण; अरुणिमा, लालिमा, सूर्योदयके समय आकाशका रंग; ध्रुवप्रभा, सुमेरु ज्योति, मेरु-प्रकाश, (आलोक जो कि उत्तरी या दक्षिणी चुम्बकीय ध्रुवसे उत्पन्न होता है); A ~ Borealis उत्तरी वात्याालोक; ध्रुव-ज्योति; A ~ Australis दक्षिणी वात्यालोक, सुमेरु ज्योति।

auroral a. सुमेरु-ज्योति-सम्बन्धी, उत्तरध्रुवीय आलोक-विषयक, उषा-सम्बन्धी; अरुणिमा-युक्त, लालिमा-पूर्ण।

aurous a. (रसा०) औरस, स्वर्ण्य, स्वर्णिम् (जिसमें सोना एक-बन्धक या एक-संयुज होता है)।

aurulent a. स्वर्णीय, सुनहरी।

auscultation n. संश्रवण, आकर्णन, परिश्रवण; (औषध) हृदयगति-परीक्षा, वक्ष-परीक्षा।

auscultator n. हृदय-गति-परीक्षक, वक्ष-परीक्षक।

auscultatory a. वक्षपरीक्षण-विषयक, हृदय गति परीक्षा सम्बन्धी।

auspicate १. v.t. दीक्षित करना, उद्घाटित करना, प्रतिष्ठापित करना, संस्थापित करना, प्रारम्भ करना, नींव रखना; २. v.i. शकुन होना, पूर्वाभास होना, पहलेसे मालूम पड़ना; दिखना।

auspice n. पूर्व लक्षण, शकुन, निमित्त, सायत, चिह्न, निशान; शकुन-विचार; शुभाशुभ-विचार; (बहु०) सम्पन्न नेतृत्व, श्रेष्ठपथ निर्देशन, मार्गदर्शन; संरक्षण, आश्रय, तत्त्वावधान (जैसे, *under the ~s of*)।

auspicious a. शिव, शुभ, शुभकर, शुभकारी, मंगल, मांगलिक, मंगलप्रद, कल्याणकारी, भद्र, इष्ट, सौभाग्यदायक, अनुकूल, अच्छा; सम्पन्न, श्रीयुक्त, सौभाग्यवान्, सौभाग्यशाली।

auspiciously adv. शुभ मुहूर्तमें, शुभ शकुनपूर्वक, सुलक्षणपूर्वक, मांगलिक रूपसे, अच्छी घड़ीमें, सायतसे।

auspiciousness n. मांगल्य, मांगलिकता; शुभ, शिव, मंगल, कल्याण, क्षेम; सम्पन्नता, भाग्यमत्ता, सौभाग्यशालिता।

auster n. दक्षिणी हवा।

austere a. परुष, कर्कश, निष्ठुर, कटु, उग्र, निर्दय, वज्रहृदय, पत्थर, सख्त, कड़ा, कट्टर; संयमी, कठोर तपस्वी, दृढ़रूपसे नैतिक, पूर्ण सदाचारी; अत्यधिक सरल, ऋजु, सहज, सीधा-सादा, सादगी पसन्द; रूक्ष, शुष्क, शुक्त, कटु, तीक्ष्ण, रूखा, कड़वा, तीखा, तेज, चरपरा।

austereness n. कठोरता, उग्रता, अति-संयम; = AUSTERITY

austerity n. मितोपभोग; कड़ी साधना, कठोर तपस्या, दृढ़ सदाचार, अत्यधिक सरलता, बहुत सीधापन; कर्कशता, उग्रता, निष्ठुरता, कठोरता, कट्टरपन, सख्ती; रूक्षता, रूखापन, कटुता, तीखापन।

Austral a. दक्षिणी, दक्षिणका (जैसे, *Australia, Australian etc.*)।

autarch n. निरंकुश शासक।

autarchy[1] n. निरंकुश राजतंत्र, निरंकुश आधिपत्य, स्वेच्छाचारी प्रभुता, सम्पूर्ण सत्ता।

autarchy[2], **-ky** n. आत्म-निर्भरता, स्वनिर्भरता, आर्थिक स्वतंत्रता।

authentic, -cal aa. प्रतीतियुक्त, प्रामाणिक, सप्रमाण,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

प्रमाणसिद्ध, सत्य, विश्वसनीय, विश्वस्त, विश्वासके योग्य, मान्य, मानने लायक, भरोसेके लायक, मुस्तनद; मौलिक, अकल्पित, अकृत्रिम, तथ्यपूर्ण, वास्तविक, आप्त, प्रकृत, सत्य, सच्चा, ठीक, असली; (संगी०) धार्मिक संगीतमें सप्तसरगमका स्थायित्व।

authenticate v.t. सत्यंकृत करना, सत्य संस्थापित करना, सत्य-प्रमाणित करना, सच्चा सिद्ध करना, मुस्तनद करना; आप्त बनाना; मूल निर्माता या ग्रन्थकार प्रमाणित करना, वैध सिद्ध करना, न्यायोचित ठहराना; प्राधिकार देना।

authenticated a. प्रमाणीकृत, प्रमाणित (जैसे, ~ copy)।

authentication n. प्रमाणांकन, प्रमाणीकरण, प्रमाणांकित करना, सत्य संस्थापन; मूल-लेखक-निर्धारण।

authenticator n. प्रमाणक, प्रमाणकर्ता, सत्य स्थापनकर्ता, सत्य सिद्ध करनेवाला, सच्चा साबित करनेवाला।

authenticity n. प्रामाणिकता, प्रमाण-सिद्धता, विश्वसनीयता; मौलिकता, आप्तता, सत्यता, सचाई।

author n. ग्रन्थकर्ता, ग्रन्थकार, रचयिता, प्रणेता, निर्माता, लेखक, पुस्तक लेखक; (शिथिल अर्थोंमें) ग्रन्थकारकी रचनाएँ; जनक, स्रष्टा, संस्थापक, प्रवर्तक, आरम्भक, उत्पादक, मूलकर्ता, चलानेवाला; चित्रकार, कलाकार।

authoral a. ग्रन्थकार-सम्बन्धी, ग्रन्थकार विषयक, लेखकका।

authoress n. ग्रन्थकार महिला, ग्रन्थकत्रीं, लेखिका, ग्रन्थ लिखनेवाली।

authoritarian n. & a. प्राधिकारवादी, प्राधिकारानुवर्तनवादी; स्वैरतन्त्री; अभिजाततन्त्री, अभिजातवर्गीय; एकशास्ता; निरंकुश, जनान्दोलक।

authoritarianism n. प्राधिकारवाद, प्राधिकारानुवर्तनवाद; स्वैर तन्त्र, निरंकुशता; निरंकुशतावाद; एकशास्तृत्व; जनसंकुल तन्त्र।

authoritative a. प्राधिकारवान्, प्राधिकारपूर्ण, प्राधिकृत (जैसे, ~ *intimation* प्राधिकृत सूचना), आधिकारिक, आदेशात्मक, निर्देशात्मक, आज्ञा सूचक; प्रभुत्वपूर्ण, अधिकारयुक्त, दबदबेका; सप्रमाण, प्रामाणिक, विशिष्ट प्रमाणयुक्त, प्रामाणिक स्रोतसे, प्रमाणस्वरूप, आप्त, आर्ष।

authoritativeness n. शासकीयता, आधिकारिक शक्ति, अधिकारिता, प्रभुता, प्रताप, दबदबा; सप्रमाणता, प्रामाणिकता, आप्तता, आप्तत्व।

authority* n. सत्ताधिकार, सत्ता, शक्ति, प्रभुत्व, अधिकार*, बल; प्राधिकारी, प्रभुताधारी, पदसत्ताधारी, पदाधिकारी; प्राधिकरण; प्रमाण पुरुष, प्रमाण पुस्तक; अधिकृत विद्वान्, मान्य पण्डित, अधिकारी व्यक्ति; (कानून) प्रमाण*, उद्धरण, नजीर; सिद्धि।

authorizable a. आज्ञपनीय, अनुमोदनीय; अधिकार देने योग्य, आधार बताने योग्य।

authorization n. अधिकृतीकरण, प्रभुत्व समर्पण, शक्तिसमर्पण; अनुमोदन, स्वीकार, मंजूरी।

authorize v.t. प्राधिकृत करना, शक्ति समर्पित करना, प्रभुत्व सौंपना, अधिकार प्रदान करना, मुख्तार बनाना; अनुज्ञप्ति देना, आज्ञप्ति देना, स्वीकृति देना, मंजूरी देना, मंजूर करना।

authorized a. प्राधिकृत (जैसे, ~ *agent*); ~ & un~ प्राधिकृत और अप्राधिकृत।

authorship n. ग्रन्थकारका व्यवसाय, लेखकका जीवन; पुस्तकका मूल, उद्गम या स्रोत, कृतित्व, रचना।

auto ⊙ n. = CAR.

autobahn n. (बहु० ~*en*) (जर्मन) राजपथ, राजमार्ग, बड़ा रास्ता, खास सड़क।

autobiographer n. आत्मवृत्तकार, आत्मवृत्त-रचयिता, आत्मचरितकार, आत्मकथाकार, आत्मजीवन-चरित्र-प्रणेता, आपबीती लेखक।

autobiographic a. आत्मकथा-विषयक, आत्मचरित्र-सम्बन्धी, स्व-चरित्रलीन, आपबीतीके बारेमें।

autobiographical a. आत्म-कथात्मक, आत्मचरितात्मक।

autobiography n. आत्मकथा, आत्मवृत्त, आत्मगाथा, आत्म-जीवनी, स्वकथा, आपबीती; आत्म-वृत्त-कथन, आत्म-चरित लेखन, आत्मचरित्र चित्रण, आपबीती लिखना।

autocar n. मोटर गाड़ी, मोटर कार।

autochthon n. आदिवासी, आदिम निवासी, मूल वासी, प्राचीनतम निवासी।

autochthonal, -ic, -ous aa. आदिवासी विषयक, मूलनिवासी-सम्बन्धी, मूलवासियोंका।

autochthonism, -y nn. आदिवासित्व, मूलनिवासिवाद, मूलनिवासियोंका सिद्धान्त।

autoclave n. निपीड पक्त्र, पतीला।

autocracy n. निरंकुश शासन, स्वेच्छाचारी शासन, एकाधिपत्य, स्वैर तंत्र, अधिराज्य; निरंकुशता, स्वेच्छाचारिता, स्वायत्ताधिपत्य, प्रभाव, दबदबा।

autocrat n. निरंकुश शासक, स्वेच्छाचारी शासक, अनियंत्रित शासक, अत्याचारी।

autocratic, -al aa. निरंकुशतापूर्ण, स्वेच्छाचारितापूर्ण, निरंकुश।

autocratrix n. निरंकुश महिला-शासिका, स्वच्छन्द साम्राज्ञी; साम्राज्ञीकी पदवी।

autogamy n. स्वगामी, स्वयं-सेचन, आत्मनिषेचन।

autogenous a. स्वयं उत्पादक।

autogeny n. स्वयंजन्म, स्वाभाविक प्रजनन, सहज सन्तति जनन।

autograph[1] n. हस्तलिपि, स्वहस्तलेख, ग्रन्थकारकी निजी पाण्डुलिपि; स्वाक्षर, अपने हस्ताक्षर, सही।

autograph[2] v.t. स्वहस्तलेखसे प्रतिलिपि करना, स्वयं लिखना, अपने हाथसे लिखना; हस्ताक्षर-, सही करना।

autographic, -al aa. पाण्डुलिपि-सम्बन्धी, हस्तलिपि विषयक।

autography n. स्वहस्त लिपि, स्वहस्त लेख।

automatic*, **-cal** aa. & n. स्वतः, स्वचेष्ट,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: MoE

स्वचालित*, आत्मचलित, स्वयं गतिशील, स्वयंवह, अपने आप काम करनेवाला।

automatically adv. स्वयमेव, स्वचेष्टया, आत्मतः, स्वतः, अपने आपसे, आपसे आप।

automaticity n. स्वचेष्टा, आत्मचेष्टा, स्वतः चलन, स्वयं संचलन, स्वयंगतिशीलता, स्वतः प्रवृत्ति, अपने आप चलना।

automatism n. अनैच्छिक कार्य, इच्छारहित कार्य, बेमनका काम; विचारहीन नित्यकर्म; गति उत्पादक।

automatist n. स्वतःकर्ता।

automaton n. (बहु० *automata, automatons*) स्वचेष्ट, स्वयं गतिशील, स्वयं प्रेरित, आत्मचलित पदार्थ, यन्त्र, कल या मशीन; यन्त्रवत् प्राणी, मशीनकी तरहका आदमी, कल-पुतला; भौतिक जीव, शरीरी।

automatous a. स्वचेष्ट, आत्मचेष्ट, स्वयंप्रेरित; यन्त्रवत्, निर्जीव, अनैच्छिक, विचाररहित।

autometry n. आत्मश्लाघा।

automobile ⊙ n. स्वयं गतिशील शकट, स्वयंचल, मोटर-गाड़ी, कार;
A ~ Association, ~ engine, ~ engineering, ~ engineering scholarship, ~ industry, ~lift.

automorphic a. प्रतिरूपी।

automorphism n. प्रतिरूपता।

automotive ⊙ n. मोटर।

autonomic a. =AUTONOMOUS.

autonomist n. स्वायत्ततावादी, स्वराज्य-समर्थक।

autonomous a. स्वायत्तशासन-सम्बन्धी, आत्मशासन विषयक; आत्मशासित, स्वायत्त, स्वतन्त्र।

autonomy n. स्वायत्तता, स्वाधीनता, स्वराज्य, आत्मशासन; वैयक्तिक स्वतन्त्रता, व्यक्तिगत स्वाधीनता, विचार-स्वतन्त्रता; स्वयंशासित समुदाय, आत्मशासित समाज, स्वतःशासित जाति।

autopsy n. वैयक्तिक पर्यवेक्षण, स्वयं निरीक्षण, निजी जाँच-पड़ताल; शव-परीक्षा, मुर्दे की चीरफाड़; आलोचनात्मक विश्लेषण, छान-बीन, बालकी खाल।

autoptic, -al aa. स्वयं पर्यवेक्षण सम्बन्धी, निजी जाँचसे सम्बन्धित; शव-परीक्षा विषयक; आलोचनात्मक; विश्लेषणात्मक।

autosuggestion n. आत्मबोधन, आत्म-सम्मोहन।

autotheism n. 'अहं ब्रह्मास्मि'वाद।

autotomy n. आत्मछेदन, आत्मभाजन।

autotype n. अनुलिपि, प्रतिकृति, पूरी-पूरी नकल; प्रतिच्छाया (चित्रको एक रंगमें उतारनेके लिए फोटोग्राफी-की पक्की छपाईकी विधि)।

autotypography n. प्रतिलिपि-चित्रण।

autumn n. शरद्-ऋतु, शरत्काल, पतझड़; (ला०) प्रारम्भिक पतनका समय, अवनतिका आरम्भ;
~ brown, ~ crocus, ~ fever, ~ green, ~ month, ~ vacation, ~ wood.

autumnal a. शरदीय, शरत्कालीन, शरत्कालिक, शारद, शरदिज, पतझड़-सम्बन्धी; प्रौढ़ अवस्था, अधेड़ अवस्था, ढलती जवानी; ~ equinox शरद्-विषुव, जल-विषुव (ऐसा समय जब सूर्य भूमध्य रेखाको पार करता है और दक्षिणकी ओर बढ़ता है)।

auxanometer n. पादप-वृद्धि-मापक यन्त्र, पौधोंके बढ़ावको नापनेका यन्त्र।

auxiliar a. आनुकूल्यकारी; सहायक; सहकारी।

auxiliaries n. (troops) सहायक सेनाएँ, किसी राष्ट्रकी सहायतार्थ विदेशी अथवा मित्र-राष्ट्रोंकी सेनाएँ।

auxiliary n. & a. सहायी, सहायकारी, सहायक, समुपकारक; ~(verb) सहायक क्रिया।

avail[1] n. लाभ; सहायता; प्रयोजन, उपयोग, काम, मतलब (जैसे, *of ~, of no ~, to little~*)।

avail[2] v.t. & i. उपयोगी होना, हितकर होना; काम आना, काम देना, कामका होना; प्रयोजन सिद्ध करना; लाभ पहुँचाना, सहायता करना; काममें लाना, लाभ उठाना; *to be of no ~* किसी कामका न होना; *of no ~* व्यर्थ, निष्फल, निष्प्रयोजन; *to ~ oneself of* से (का) लाभ उठाना।

availability n. =AVAILABLENESS।

available a. प्राप्य, उपलब्ध, लभ्य, सुलभ, सहज प्राप्त, मौजूद; उपयोज्य, प्रयोज्य, प्रयोजनीय, व्यवहार्य, उपयोगी।

availableness n. प्राप्यता, उपलब्धि, सुलभता, सहज प्राप्ति; प्रयोज्यता, प्रयोजनीयता, व्यवहार्यता, उपयोगिता।

avalanche n. (भौ०) हिमधाव, हिमानी, बर्फ (मिट्टी और जमी हुई बर्फका ढेर जो पर्वतसे तेजीके साथ गिरता है)।

avant-courier n. आगे-आगे दौड़नेवाला या घोड़ेपर सवार होनेवाला, बदरका; (विशे०, बहु०) अग्रणी, अग्रिम रक्षक, सेनाग्रग, सेनामुख, बालचर, स्काउट।

avarice n. तृष्णा, लोभ, लालच; अर्थलोभ, लोलुपता; (ला०) अत्यधिक वांछा; *~ is great misfortune, ~ is the root of all evils, no vice like ~* लालच बुरी बला है।

avaricious a. तृष्णालु, लोभी, लोलुप, लालची।

avariciousness n. तृष्णालुता, लालसा, लोभ, लोलुपता, लालच।

avast int. (नौवि०) रोको, ठहरो, थमो, बस, बस करो, बस बस!

avatar n. (सं०) अवतार, ईश्वर या देवताका शरीर धारण करना; मानवी रूप धारण, मनुष्य जन्म ग्रहण; प्रादुर्भाव, आविर्भाव, प्राकट्य; साक्षात्कार, दर्शन।

avaunt int. (प्रा०) दूर हट, दूर हो, चल जा, धत्त, सवारी बढ़ा!

ave int. मंगल हो! भक्ति-युक्त अभिवादन; प्रणाम या प्रार्थना।

avenaceous a. जई सदृश।

avenge v.t. प्रतिशोध लेना, प्रतिकार करना, बदला

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

लेना; *be ~d* व्यक्तिगत बदला लेना।

avengeful a. वैरशोध-पूर्ण।

avengement n. प्रतिशोधन, वैरशोधन, बदला लेना।

avenger n. वैरशोधी, प्रतिशोधी, बदला लेनेवाला।

avenue n. वृक्षावलि, छायादार मार्ग; पथ, मार्ग, प्रवेश मार्ग, रास्ता, राह।

aver v.t. प्रतिज्ञापूर्वक या शपथपूर्वक कहना, दृढ़तापूर्वक कहना, दावेके साथ कहना; निश्चयात्मक रूपसे कहना, निश्चित रूपसे बोलना; (कानून) संसिद्ध करना, प्रमाणित करना, साबित करना।

average[1] n. सामान्य, माध्य, मध्यक, औसत; जलयात्रा-क्षति, आक्षति; (कानून) प्रशुल्क, कर, टैक्स; (बीमा) माध्य; *on an ~* माध्यतः; *general ~* सामान्य क्षति-पूर्ति; *particular ~* विशेष क्षतिपूर्ति।

average[2] v.t. माध्य या माध्यमान निकालना, औसत निकालना; (सामान्य कोटिका) अनुमान करना, मान निकालना, गणना करना, हिसाब करना; *~ six hours a day* प्रतिदिन ६ घण्टेके औसतसे काम करना।

average[3] a. मध्यमान, माध्य, सामान्य, औसत; साधारण कोटिका, प्रचलित श्रेणी, भाव या परिमाण-का, मामूली।

averagely adv. सामान्यतः, साधारणतः, औसतन।

averment n. समभिकथन, दृढ़ोक्ति, निश्चित कथन, प्रतिज्ञा, शपथ-युक्त वचन, हामी; प्रमाणीकरण, प्रमाण, दावा, जवाब दावा (कानून)।

averruncate v. टालना, हटाना।

averruncator n. वृक्षकर्त्तनी।

averse a. विमुख, पराङ्मुख, विरुद्ध, विपरीत, प्रतिकूल, वाम, खिलाफ; अन्यमनस्क, विमनस्क, विरक्त, अनिच्छुक।

averseness n. पराङ्मुखता, विमुखता, विपरीतता, प्रतिकूलता, विरोध, विरुद्धता; विरक्ति, अनिच्छा, अन्य-मनस्कता।

aversion n. अपवर्तन; अरुचि, विरक्ति, विमुखता; घृणा; द्वेष, विद्वेष।

avert v.t. परे करना, दूर करना, हटाना, मोड़ लेना, फेर देना; निवारण करना, रोक देना, टालना, हटाना; वस्तुसे आँखें फेर लेना।

avertable, avertible aa. निवार्य, परिहार्य, टालने योग्य।

aves n. (बहु०) खगकुल, पक्षिकुल, चिड़ियोंका समूह।

avian a. खग-विषयक, पक्षी-सम्बन्धी, चिड़ियोंका।

aviarist n. खगालय-रक्षक।

aviary n. खगालय, चिड़ियाघर, चिड़ियाखाना।

aviate v.i. वायुयान उड़ाना, विमान चलाना, हवाई जहाजमें उड़ना या चलना।

aviatik n. (जर्मन) लड़ाकू वायुयान।

aviation n. विमानन, विमान-वहन, वायुयान-संचालन, उड्डयन, हवाबाजी;
~ beacon station, ~ circle, ~ department, ~ division, ~ spirit.

aviator n. विमानचालक, वायुयान-संचालक, हवाबाज, हवाई जहाज उड़ानेवाला।

aviatress n. उड़ाकू स्त्री।

aviculture n. पक्षिपालन, खगरक्षण, चिड़ियोंका पालना या रखना।

avid a. उत्सुक, इच्छुक, व्यग्र, तृष्णालु, लोभी, लालची, चाहवाला।

avidity n. तृष्णा, लालसा, लोभ, लालच; तीव्र इच्छा, उत्कट अभिलाषा, तीव्र उत्सुकता।

aviette n. अन्यत्र-वायुयान।

avion n. युद्धक-विमान, जंगी हवाई जहाज।

aviso n. संदेशवाहक नौका।

avital a. पैतृक, दादा-परदादाका।

avocate v.t. हटाना; निवृत्त करना, उच्चाटन करना।

avocation n. विरक्ति, अनासक्ति, उच्चाटन, निवृत्ति; उद्यम, वृत्ति, पेशा, धन्धा, काम; कारोबार, काम-धन्धा; *(calling away)* अपाह्वान, आवाहन।

avocative a. पुकारनेवाला, हटानेवाला।

avocet, -set n. एक प्रकारकी तैरनेवाली चिड़िया, पक्षिविशेष, कषीका।

avoid v.t. परिहार करना, अस्वीकार करना, न करना, बचना, जी चुराना, करके निकल जाना, किनारा करना; (कानून) आनाकानी करना, टालना, बचना; वारण करना, हटाना, टालना, छोड़ना।

avoidable a. निवार्य, वर्जनीय, परिहार्य, परिहार करने योग्य, टालने लायक (जैसे, *~ hardship*)।

avoidance n. परिहार, परिवर्जन, वर्जन, आनाकानी, टाल-मटोल, बचाव (जैसे, *~ of a fraudulent conveyance*); पदत्याग, (पद) रिक्तता।

avoirdupois n. & a. मालकी तौल; *~ pound* एक पौण्ड जिसमें ७००० ग्रेन होते हैं (भारीपनके अर्थोंमें प्रचलित)।

avouch v.t. & i. निश्चित रूपसे कहना, शपथ-पूर्वक कहना, पक्के तौरपर कहना; स्वीकार करना, अंगीकार करना, (अपराध) मानना, कबूलना, इकबाल करना।

avouchable a. निश्चयपूर्वक कहने योग्य।

avouchment n. स्वीकार, अंगीकार, इकबाल; जमानत; गारण्टी।

avow v.t. प्रकाशोक्ति करना; स्वीकार करना, मान लेना (जैसे, *~ed himself the author, the ~ed author*)।

avowable a. स्वीकार्य, स्वीकरणीय, मान्य, माननीय, मानने योग्य।

avowal n. प्रकाशोक्ति, प्रकट घोषणा; अंगीकार, निष्कपट स्वीकृति, इकबाल।

avowant n. प्रकाशोक्तक; स्पष्टवादी।

avowed a. प्रकाश्य; प्रकाशित; स्वीकृत।

avowedly adv. प्रकाशतः, स्पष्टतया, प्रकट रूपसे, खुले तौरपर, डंकेकी चोटपर; स्वीकारात्मक रूपसे।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

avowry n. स्पष्टवादिता ।

avulsion n. विदारण, छिन्नकरण, पृथक्करण, उखेड़-पखेड़, नोच-खसोट; (क़ानून) अपदारण, (बाढ़ आदिके कारण) एक व्यक्तिकी भूमिका दूसरेकी जागीरमें मिलना ।

avuncular a. चाचा या मामाका, या उनकी भाँति ।

await v.t. प्रतीक्षा करना, अपेक्षा रखना, प्रत्याशा करना, पथ निहारना, राह देखना, बाट जोहना, इन्तजार करना; (वस्तुओंका) पड़ा रहना, आसरा ताकना ।

awaited a. प्रतीक्षित, प्रत्याशित ।

awaiting a. प्रतीक्षा करते हुए; भेजा जानेवाला ।

awake[1]* v.t. & i. निद्राभंग होना, निद्रा त्याग करना, जागना या जगाना*; प्रोत्साहन देना, सचेत करना, सक्रिय होना, सावधान होना, स्फूर्त्त होना, चुस्त होना; (शा० एवं ला०) अनुप्राणित करना, सजीव करना, चेतन करना, सचेत करना, प्रबुद्ध करना, उठाना; ~ *to* प्रबुद्ध होना, सावधान होना, सचेत होना, जागरूक होना, खबरदार होना ।

awake[2] pred. a. जाग्रत, जागरूक, विनिद्र, त्यक्तनिद्र, मुक्तनिद्र, जागा हुआ; सतर्क, सचेत, प्रबुद्ध, चेतन, होशियार, तत्पर, मुस्तैद, चौकन्ना; ~ *to* अभिज्ञ, अवगत, परिचित, जानकार ।

awaken v.t. & i. (शा० एवं ला०) (विशे०, ला०) अनुप्राणित करना, प्रबुद्ध करना, प्रबोधित करना, सचेत करना, जताना; प्रेरित करना, उन्मुख करना, उकसाना ।

awakened a. जागृत; अनुप्राणित, सचेत ।

awakening n. जागरण, जागृति, पुनरुत्थान; उत्तेजना ।

award[1] n. पंचनिर्णय, परिनिर्णय, मध्यस्थनिर्णय; पंचाट (जैसे, ~ *of compensation* क्षतिपूर्तिपंचाट); पुरस्कार, पुरस्कृति; अर्थदण्ड, निग्रह, जुर्माना ।

award[2] v.t. & i. परिनिर्णय करना, पंचनिर्णय देना, मीमांसा करना, फैसला देना; प्रदान करना, अनुदान देना, समर्पित करना, सौंपना, देना (जैसे, ~ *a scholarship*); पंचनिर्णय देना अथवा प्रकाशित करना ।

awardable a. पारितोषिकीय, देय, दातव्य ।

awarder n. अधिनिर्णायक, विचारपति, जज ।

aware pred. a. सचेत, सतर्क, जागरूक, सावधान; अवगत, विदित, विज्ञापित, जानकार, जाननेवाला ।

awareness n. सतर्कता, चेतनता, जागरूकता, सावधानी; अभिज्ञता, जानकारी ।

awash pred. a. (पानीकी लहरों द्वारा) बहाया हुआ या धोया हुआ ।

away adv. (शा० एवं ला०) परे, दूर, दूरीपर, अलग, फासलेपर; सतत, निरन्तर, अबाधगतिसे, सर्वदा, लगातार (जैसे, *work* ~, *peg* ~); शीघ्र ही, बिना विलम्बके, झटसे, फौरन, जल्दी ही (जैसे, *fire* ~); दूर हो, चल, भाग जा, हट जा; (अर्धविशेषण अर्थमें, जैसे, ~ *game, match, win*); ~ *with* ले उड़ना, ले जाना, ले भागना; (*cannot*) ~ *with* निर्वाह करना, निभाना, सहन करना; *explain* ~ व्याख्या द्वारा निपटा देना, टाल देना; *make* ~ *with* ध्वंस करना, विनाश करना, नष्ट करना; *out &* ~ अनुपम, अतुलनीय, सबसे बढ़कर ।

awe[1] n. श्रद्धायुक्त भय या विस्मय, भक्ति-समन्वित भय, आदरयुक्त भीति या आश्चर्य; त्रास, रोब, धाक (जैसे, *stand in* ~ *of*, ~-*struck*) विस्मयाकुल, भयभीत ।

awe[2] n. पानीमेंकी पहियाकी पटिया, तख्ता ।

awe[3] v.t. विस्मयाभिभूत करना, भयभीत करना, डराना, रोब जमाना, (*hold in* ~) ।

aweary, awearied a. भ्रान्त, भूला, भटका हुआ ।

aweigh adv. (लंगरसम्बन्धी) तौलनेमें तुरन्त उठाकर ।

aweless, awless aa. निर्भय, निडर; बे-रोब, बिना धाक ।

awesome a. भयानक; रोबदार ।

awful a. भयानक; आदरणीय, सम्माननीय, श्रद्धेय, पूज्य; महिमापूर्ण, महिमान्वित; महान्, प्रभावपूर्ण; श्रद्धा-पूर्ण, विनयपूर्ण, भक्त; (ग्रा०) स्मरणीय, प्रसिद्ध, नम्बरी (जैसे, ~ *scrawl, bore, relief*) ।

awfulness n. महिमा; भयंकरता; प्रभाव, रोब, धाक; श्रद्धा ।

awhile adv. मुहूर्त्तमात्रको, किंचित् कालको, अल्प समयके लिए, क्षणभरके लिए, थोड़ी देरके लिए ।

awkward a. कदर्थ, कदाकार, कुत्सित, कुरूप, विरूप, ग्राम्य, बेढब, भद्दा, बेडौल; अदक्ष, अपटु, अनिपुण, अकुशल, अनाड़ी, मूर्ख, गँवार, फूहड़; निष्प्रयोजन, अनुपयुक्त, व्यर्थ, बेकार; दुःसाध्य, मुश्किल, कठिन, औघड़; भयानक, भयावह ।

awkwardish a. कुत्सित-सा, कुरूप-सा, भद्दा, बेडौल-सा; मूर्ख-सा, अनाड़ी-सा ।

awkwardness n. कदर्थता, कुत्सितता, भद्दापन, भौंड़ापन; अनुपयुक्तता, अकुशलता, गँवारपन, फूहड़पन; कठिनता, औघड़पन ।

awl n. आर, आरा, सुतारी, कटनी, टेकुआ ।

awn n. किंशारु, शस्यमंजरी, शूक, मृदुशल्य, टूँड़, बाली, जौ-ज्वार आदिके बाल, दाढ़ी ।

awned[1] a. किंशारुमय, शूकयुक्त, रोएँदार, टूँड़दार ।

awned[2] a. वितानयुक्त, आच्छादनमय, चाँदनीवाला, शामियानादार; सुरक्षित, आश्रित ।

awner n. शूक-शोधक यन्त्र ।

awning n. (जहाजका) आच्छादन, डेकके ऊपरका वितान; चाँदनी, चँदवा, पाल, तिरपाल, शामियाना, सायबान; जहाजके पीछेकी तरफका ऊँचा भाग, डेक; संश्रय, आश्रय, शरण; शरण-स्थल ।

awnless a. किंशारुरहित, शूकहीन, बेटूँड़ ।

awny a. बालवाला ।

awoke past tense of AWAKE.

awry १. a. तिर्यक्, वक्र, तिरछा, बाँका, टेढ़ा; २. adv. अशुद्धिसे, गलतीसे, भूलसे, गड़बड़से, बुरे ढंगसे (*go, run, tread* ~); अशुद्धि करना, भूल करना, गलती

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

करना; (शा० एवं ला०) *look* ~ तिर्यक् दृष्टिसे देखना, कनखियोंसे देखना।

axe, ax ⊙ १. n. परशु, कुठार, कुल्हाड़ी; ~-head कुठाराग्र; ~-man कुठारिक, कुल्हाड़ी चलानेवाला; २. v.t. *an ~ to grind* व्यक्तिगत प्रयोजन सिद्ध करना, अपना मतलब निकालना; *put the ~ in the helve* समस्याका समाधान करना, उलझन निपटाना, पहेली बूझना।

axial a. अक्षीय, अक्षाकार, आक्ष, अक्षवत्, धुरीका, धुरीकासा; पर्यक्ष, अक्षरेखाके आस-पास, अन्वक्ष; ab-~ अपाक्ष; ad-~ अभ्यक्ष।

axiality n. अक्षीयता, अक्षाकारत्व।

axiferous a. अक्षीय, धुरीवाला।

axil n. अक्ष, कक्ष, पार्श्व, बगल; डंठल अथवा तने और शाखाके बीचका कोण।

axile a. (वन०, श० र० शा०) अक्षीय, कक्षीय, अक्षवर्ती, मध्यगत, काँख-सम्बन्धी; अक्षरेखाविषयक।

axilla n. कक्ष, काँख, बगल।

axillary a. काक्षिक, कक्षवर्ती, पार्श्वस्थ, काँखका, बगलका; (वन०) कक्षस्थ, कक्षीय, सन्धि या काँखमें उगनेवाला, बगलमें पैदा होनेवाला, बगली।

axiom n. स्वयंतथ्य, स्वयंसिद्ध कथन, स्वतःसिद्ध प्रमाण, प्रत्यक्षसिद्ध सत्य; स्थिर सिद्धान्त, प्रतिष्ठित तत्त्व या नियम; सूत्र, सूक्ति, वाक्य, कथन।

axiomatic, -al aa. स्वसिद्ध, स्वतःसिद्ध, प्रामाणिक; स्वयंसिद्धिमय, स्वयं सिद्धिपूर्ण; सूक्तिमय, सूक्ति सम्बन्धी।

axis n. अक्ष, मेरुदण्ड, कल्पित रेखा, धुरा जिसके चारों ओर कोई पिण्ड घूमता है; समविभाजक सरल रेखा जो एक चित्रको दो सम भागोंमें विभाजित करती है; अक्षरेखा, किसी पिण्डके एक सिरेसे दूसरे सिरेतक फैली हुई सरल रेखा (जैसे, *~ of equator*); अक्षदण्ड; डण्ठल, तना; (प्रकाश०) अक्षि-किरण, आँखके बीचसे जानेवाली किरण; (श० र० शा०) शरीरका केन्द्रीय अभ्यन्तर, बिलकुल बीचोंबीचका भीतरी भाग; (राज०) मैत्री, सन्धि, सन्धिबन्धन, समझौता (जैसे, *the Rome-Berlin ~*; जर्मनी, इटली और जापानकी सन्धि या मैत्री *Rome-Berlin-Tokyo ~*)।

axle n. अक्षदण्ड, धुरी, धुरा, स्पिण्डल; ~-box अक्षधान, आवन जिसमें धुरेके सिरे घूमते हैं; ~-journal धुरेका चमकीला सिरा, पालिश किया हुआ सिरा; ~ oil अक्षदण्ड-तैल, धुरेमें लगाया जानेवाला तेल; ~-tree *(non-rotating~)* अचलाक्ष; wheel & ~ यान्त्रिक शक्ति, मशीनकी ताकत; ~-weight अक्ष-भार।

Axminster ⊙ a. ऐक्समिन्सटरमें बना हुआ (जैसे, *A~ carpet*)।

ay int. & n. (बहु० *ayes*) स्वीकारात्मक उत्तर, हाँ, हाँ हाँ, जी हाँ, जी; *the ~es have it* हाँ-वाले मतदाता बहुमतमें हैं।

ayah n. (हिं०) परिचारिका, दाई, आया।

aye adv. सदैव, सर्वदा, सतत, निरन्तर, सदा, चिरकाल, हमेशा; सर्वत्र, सभी अवसरोंपर; *for ~* सदाके लिए।

azalea n. श्रीतालीश, फूलोंवाले पौधोंका एक प्रकार जो उत्तरी देशोंमें पाया जाता है।

azimuth n. दिगंश, दिगंशकोटि, दिङ्मण्डलका अंश, क्षितिज चाप, समांश, कोणांश; ~-circle दिगंशवृत्त; magnetic ~ चुम्बकीय दिगंश;
~ angle, ~ antenna, ~ compass, ~ error, ~ oscilloscope, ~ receiver, ~ table.

azimuthal a. दिगंशीय, क्षितिज चापसे सम्बन्धित।

azoic a. निर्जीव, अजीव, जीवन-हीन।

Aztec a. & n. (मेक्सिकोकी एजटेक्स नामक जनजातिका) सदस्य।

azure १. n. नील वर्ण, नीलाकाश वर्ण, आसमानी रंग; (द्यौत्य०) नील; निर्मल आकाश, मेघरहित आकाश; चमकदार नीला रंग; नीलोत्पल, नीलवर्णी स्फटिक; २. a. आकाशवर्णी, आकाशी, आसमानी, नीला; (ला०) मेघमुक्त, निर्मल, स्वच्छ; परिष्कृत; ३. v.t. नीले रंगसे रँगना।

B

B letter (pl. *Bs, B's, Bees*) अँग्रेजी वर्णमालाका दूसरा वर्ण; (तर्क०) द्वितीय कल्पित व्यक्ति या वस्तु; (संगी०) सातवाँ सुर; (बीजग०) द्वितीय ज्ञात राशि।

baa n. & v.i. मिमियाना, में-में, भेड़का शब्द; ~ lamb मेमना, भेड़का बच्चा।

baal n. (pl. *~im*) बॉल, अपदेवता, एक मिथ्या देवता; फिनीशियावालोंका एक देवता; सूर्यदेवकी मूर्ति।

baalism n. मिथ्योपासना, पाखण्डपूर्ण भक्ति।

baalist, baalite nn. मिथ्योपासक, पाखण्डी।

baas n. स्वामी, मालिक।

Babbit metal n. ताँबा, टीन और एण्टीमनीका मिश्रण।

babble[1] n. प्रलाप, जल्पना, बालालाप, बकबक, बड़बड़ाहट, बकवास, बकवाद, बकझक, व्यर्थकी बातें; (पानीकी) कलकल ध्वनि, छपछप।

babble[2] v.t. & i. प्रलाप करना, बड़बड़ाना, बकझक करना, मूर्खोंकी तरह दोहराना, हूँ हाँ करना; (नदी, नालों इत्यादिका) कलकल शब्द करना; रहस्योद्घाटित करना, प्रकट करना, (रहस्य) बता देना, भेद खोलना।

babblement n. जल्पना, प्रलाप, निरर्थक गल्प, मूर्खतापूर्ण पुनरावृत्ति, बकबक, बकझक; कलकलध्वनि; रहस्योद्घाटन, गोपनीय वस्तुका प्रकटीकरण।

babbler n. वाचाल, प्रलापी, बकवादी, गप्पी, भड़भड़िया, पेटका हल्का, लबारी; लम्बी टाँगोंवाली टुइयाँ; रहस्यप्रकाशक, गुप्तकथाप्रकाशक।

babe n. (का०) शिशु, छोटा बच्चा; शावक, नन्हा;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

दारक, अनुभवहीन व्यक्ति, भोला आदमी ।

babel n. उच्च अट्टालिका, ऊँची इमारत; शीनार देशका बड़ा मीनार; मनके लड्डू, मनगढ़न्त योजना, ख्याली पुलाव; कोलाहलपूर्ण सभा या स्थान, अनावश्यक कोलाहल, हल्ला, बावेला, बेकारका शोरगुल, बलवेकी जगह, हंगामा ।

babish a. बालिश, अर्भकीय, बच्चोंसे ही सम्भावित, बचपनासे युक्त ।

Babism (-iism) n. बाबीधर्म, बाबीवाद, मिर्जा अली (पारसी) के द्वारा प्रवर्तित धर्म ।

baboo n. अँग्रेजी जाननेवाला भारतीय लिपिक या क्लर्क; श्री, हिन्दू सज्जन, बाबू; (तिरस्कारयुक्त) फैशनपसन्द आदमी ।

baboon n. श्ववानर, अफ्रिका या दक्षिणी एशियाका बड़ा बन्दर, लंगूर, बबून ।

babouche n. चप्पल, चट्टी ।

baby* n. शिशु*, बहुत छोटा बच्चा; (पु०) दारक, (स्त्री०) दारिका; चुलबुला व्यक्ति; छुटका; ~ bibs लाला-चूष; ~car छोटे आकार तथा शक्तिकी मोटरकार; ~-farmer अर्थग्राही शिशुपालक, ठेकेपर बच्चोंको पालनेवाला व्यक्ति; ~grand छोटा सुन्दर व प्रसिद्ध (अँग्रेजी बाजा) पियानो; ~-jumper लटकता हुआ चौखटा (जिसमें अंगोंके व्यायामके लिए बच्चोंको बाँध दिया जाता है); *hold the ~, carry the ~* कोई अवांछित उत्तरदायित्व अपने ऊपर लेना;

~ act, ~ petromax, ~ show, ~ squares of flannelette, ~ wear, ~ week.

babyhood n. शिशुकाल, बचपन ।

babyish a. शिशुवत्, बचकाना, बालकके समान ।

babyishness, babyism nn. नन्हापन, बचपना, बचकानापन; प्रेयसी, लड़की (ग्रा०) ।

Babylon n. बाबल, बाबेरू; चाल्डियन साम्राज्यकी राजधानी; कोई बड़ा साम्राज्य; दुराचारपूर्ण नगर, पापमयी नगरी; रोमनगर, पोप-मण्डल, पोपका पद, लन्दन आदि ।

Babylonian n. & a. बाबल निवासी, बाबलनगर-सम्बन्धी ।

baccalaureate n. विश्वविद्यालयकी प्रथम उपाधि (बी० ए०, बी० एस-सी० आदि) ।

baccara(t) n. बाजी लगाकर खेला जानेवाला ताशका एक खेलविशेष ।

bacchanal १. n. मद्यप, सुरादेवपूजक (पुरुष या स्त्री), सुरादेवका भक्त; मद्यपानोत्सवसंक्रान्त, उन्मत्त मद्यप, उच्छृंखल मद्यपायी, शराब पीकर मचलनेवाला; पानोत्सव, सुरादेवोत्सव, सुरादेवके सम्मानमें नृत्य और गायन; २. a. सुरादेवोत्सव-सम्बन्धी, सुरादेव-सदृश, सुरादेव-सम्बन्धी; पानोत्सव-विषयक; उन्मत्त, भोगासक्त, उच्छृंखल, विलासी, मदप्रिय, मदमस्त ।

bacchanalia n. सुरादेवोत्सव; मद्यपानोत्सव; मद्यपोंका आमोद-प्रमोद, रंगरेलियाँ ।

bacchanalian १. n. उन्मत्त मद्यप, सुरादेवपूजक, उच्छृंखल मद्यपायी, शरावी; २. a. उन्मत्त, मस्त, मदहोश, विलासी, शराब पिये हुए; सुरादेवोत्सव-विषयक, सुरादेवपूजकोंके सम्बन्धमें, शरावीके विषयमें ।

bacchant(e) n. & a. सुरादेवपूजक, सुराभक्त, सुरादेवताका पुरोहित, सुरादेवकी पुजारिन; सुरासेवी, सुराप्रेमी ।

bacchantic a. सुरादेवोपासक-सम्बन्धी; सुरापूजाका; मद्यासक्ति-सम्बन्धी, मदिराप्रियता-विषयक ।

bacchic a. सुरादेव-सम्बन्धी, शराबके देवतासे सम्बन्धित ।

bacchius n. गण या शब्दविशेष, यगण-तगणवत् ।

bacciferous a. बदरिप्रसव, बदरिजनयिता, बेरके समान फल उत्पन्न करनेवाला ।

bacciform a. बदरीरूप, बदरिकाकार, बेरकी शक्लवाला ।

baccivorous a. बदरिकाहारी, बेर खाकर जीनेवाला ।

bacco n. (बोल० में tobacco के संक्षेप) तम्बाकू ।

bachelor n. स्नातक (एम०ए०से नीचेकी विश्वविद्यालयकी बी० ए० आदिकी उपाधि प्राप्त करनेवाला पुरुष या स्त्री); कुमार, कुँवारा, अविवाहित पुरुष; (इति०) युवा योद्धा, दूसरेके झण्डेके नीचे कार्य करनेवाला शूरवीर; ~'s buttons बहुतसे बटनके आकारके फूल, फूल-बिस्कुट, बिना सिले हुए लगानेवाले बटन; ~ girl अविवाहिता तथा स्वतन्त्रतासे रहनेवाली लड़की ।

bachelordom n. कुमारवृत्ति; कौमार्य, कुँवारापन ।

bachelorhood n. कौमार्य, ब्रह्मचर्य ।

bachelorism n. कौमार्य, ब्रह्मचर्यत्व, ब्रह्मचर्यवाद ।

bachelorship n. कौमार्य, कुँवारापन; सैनिकका पद ।

bacillary a. दण्डाणुक, दण्डाण्वीय, दण्डाणु, दण्डाकार, करण्डकीय, तन्तुसम्बन्धी; जीवाणुक, कीटाण्विक, रोगाणु-सम्बन्धी, सूक्ष्म जीवोंसे सम्बन्ध रखनेवाला (रोग, अन्वेषण) ।

bacilliform a. करण्डकाणुरूप, दण्डानुरूप, दण्डवत्, दण्डाकार ।

bacillus n. (pl. *~li*) दण्डाणु, दण्डिका, सूक्ष्म कीटाणु, रोगजनक जीवाणु ।

back[1]* १. n. पृष्ठ, पृष्ठदेश, पीठ; वस्त्रोंसे ढकने योग्य शरीर; बोझा ढोनेवाला *(~ equal to burden)*; (मनुष्यकी पीठ जैसी) वस्तुओंका पृष्ठतल, पृष्ठभाग, पीछेका भाग, पिछली सतह; पशुकी पीठ जैसा धरातल; पीछे खेलनेवाला फुटबालका खिलाड़ी *(full, three-quarter, half ~)*; २. a. पृष्ठदेशमें स्थित, दूर, पिछला; तुच्छ, हीन, घटिया; बकाया, पीछेका, बीती मियादका ⊙; प्रतिकूल, विपरीत, उल्टा; ~-bench(er) पश्चासीन, लोकसभा या उसी प्रकारकी सभामें पीछे बैठनेवाला सदस्य; ~-blocks (आस्ट्रेलियामें) दूरस्थित या विरल रूपमें बसा हुआ भीतरी प्रदेश; ~band क्षतिपूर-बन्ध, ~board गाड़ीका पिछला तख्ता, रुकवाल, बच्चेकी पीठमें उसे सीधी रखने-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

के लिए बाँधा जानेवाला एक प्रकारका तख्ता; ~bone मेरुदण्ड, पृष्ठवंश, रीढ़; आधार-स्तम्भ; ~boned रीढ़-वाला; दृढ़, साहसी, हिम्मती, पक्का, मजबूत; ~-chat (ग्रा०) प्रत्युत्तर, प्रत्ययवाद, पारस्परिक दोषारोपण, हाजिरजवाबी; ~-cloth (रंग०) सीनरीके मुख्य भागके रूपमें स्टेजके पीछेके चित्रित पर्दे; ~ door गुप्तद्वार, चोर दरवाजा; (ला०) गुप्त साधन, गुप्त प्रयत्न या प्रवेश; प्रच्छन्न, अप्रकाश्य, अप्रकट, गुप्त, गूढ़, छिपा हुआ; ~-end उतरता पतझड़; ~fall कुश्तीमें चित करना, पीठके बल पटकना; ~-fire प्रत्यग्नि, इंजिनके सिलैण्डरमें असामयिक धड़ाका या विस्फोट; विस्फोट होना; ~flow विपर्यय-प्रवहन; ~ formation मूल सम्भावना (शब्द-व्युत्पत्तिके लिए); ~gammon द्यूतविशेष; ~ground पृष्ठभूमि, आधार, (चित्र आदिकी) भूमि, आधारभूमि, पार्श्वभूमि, पश्चभूमि; पृष्ठभूमिका; अप्रकाश्यता, निर्जनता, एकान्तता, गुप्तता, गूढ़ता; ~hand बायेंको मुड़नेवाली लिपि; ~handed अप्रत्याशित, अप्रत्यक्ष, हस्तपृष्ठसे दिया गया या सामान्यसे विपरीत दिशामें दिया हुआ; ~hander प्रच्छन्न आघात, अप्रत्यक्ष आक्रमण, उल्टे हाथका धक्का; बोतलके निर्माणमें बिगाड़के कारण प्राप्त फालतू शीशा; ~ lash विचाल; ~most सर्वपश्चाद्वर्ती, सबसे पीछे; ~-marker दौड़ आदिमेंसे नाम वापिस लेनेवाला; ~ number मासिक पत्रिका आदिका पुराना अंक, पिछला अंक; (ग्रा०) पुरानी पद्धति या पुराना आदमी; ~ salt कृष्ण लवण, काला नमक; ~set पश्चाद्वर्तन, प्रतिकूल प्रवाह, उल्टी लहर; अवरोध, प्रतिरोध, प्रतिबन्ध, विपर्यय, विलोम, उलटा, रुकावट, रोक; ~-sight पश्चदर्शी; ~ slang शब्दोंका उल्टा उच्चारण और उनकी विपरीतवर्तनी; ~slide स्वधर्म त्यागना; ~slider स्वधर्मत्यागी; ~ stays जहाजके पिछले रस्से; ~stroke = HANDER; ~ sword गतका, एक धारकी तलवार; ~water पश्चजल, आवद्ध जल, धाराहीन जल, रुका पानी; वस्तुओंकी अवरुद्ध अवस्था, स्थिर अवस्था; समुद्रकी खाड़ी; जहाजके डाँड़ोंसे फेंका हुआ पानी, बँधनेके कारण विद्युत् शक्तिका ह्रास; ~way उपपथ, गली (शाब्दिक एवं ला०); ~wood दूरके सघन वनप्रदेश (से सम्बन्धित); ~woods (दे० आगे); *at the ~ of* पृष्ठपोषणमें, (कार्य, अन्वेषण या गोपन कार्यमें) सहायक, पीठपर, मददपर; *~ & forth* ⊙ इतस्ततः, इधर-उधर; *~ of* ⊙ पृष्ठतः, पृष्ठभागमें, पीछे; *behind one's ~* परोक्षमें, प्रच्छन्न रूपसे, पीठ पीछे; *break one's ~* पीठ या कमर तोड़ना, अत्यधिक भार डालना, बहुत ज्यादा बोझ डालना, लाद देना; *give, make, a ~* मेढ़क-कूदके खेलमें झुकना; *have on one's ~* उत्तरदायी होना, जिम्मेदारी लेना; भार वहन करना, भारवाही होना, भारान्वित होना, लदा होना; *put, get, set person's ~ up* कुपित करना, क्रुद्ध करना, गुस्सा दिलाना, नाराज करना; *on one's ~* पीठके बल, चित; *on the ~ of* अतिरिक्त, अलावा; *take ~ seat* विनत होना, अपनेको छोटा समझना; *the ~s* केम्ब्रिजमें कुछ कालिजोंके पीछेके सुन्दर मैदान; *to the ~bone* पूर्णतया, पूरी तरह; *turn one's ~ upon* पीठ देना या दिखाना, छोड़ भागना, भाग निकलना; *with one's ~ to wall* आकुल होकर, विवश होकर, तंग आकर;

~ache, ~ axle, ~ bearing, ~-breaker, ~-filling fin, ~-freight, ~-hand stoping, ~-journey, ~ lane, ~ light, ~ lock, ~-man, ~-nut, ~ panel, ~ plate, ~-pressure, ~ pressure valve, ~ reaction, ~ reference, ~ rounding machine, ~-shunt, ~-stripped weasel, ~-swimmer, ~-titrate, ~-titration, ~ trail, ~ vowel, ~ wall, ~ yard.

back[2] v.t. & i. सवारीके उपयुक्त बनाना, (घोड़ेकी) सवारी करना, चढ़ना; समर्थन करना, पीठ भरना, प्रोत्साहन, धन या तर्कके द्वारा सहायता करना; पीठपर होना, पृष्ठपोषण करना, सहायक होना, सहायता देना, सहारा देना, मदद देना; दाँव लगाना, बाजी लगाना, शर्त लगाना; शिकारी कुत्तोंका आगे जानेवाले कुत्तेके पीछे दौड़ना, पीछे चलना; पृष्ठांकन करना, प्रतिहस्ताक्षर करना, पृष्ठलेख करना, तसदीक करना; प्रत्यावर्तन करना, प्रतिगमन करना, पीछेकी ओर जाना, वापस लौटना; (घोड़ा, नाव, इंजिन आदिको) पीछे लौटाना, पीछे चलाना, हटाना; (वायुका) दिशा बदलकर सूर्यके विमुख बहना; *~ a sail, yard* आँधीके सामने लाना, पीछेकी ओर करना; *~ down* (अधिकार) परित्याग करना, छोड़ना; *~ out (of)* कार्यभारसे पलायन करना, कार्यको छोड़ भागना, हटना, मुँह मोड़ना, निकल भागना; *~pedal* पीछेकी ओर पैडल घुमाना; *~ up* प्रोत्साहित करना, (सहकारी कार्यके द्वारा) सहायता करना साथ देना, साथमें खेलना; *~water* डाँड़से नावकी अग्रगतिको मोड़ लेना, नावको पीछे घुमा लेना।

back[3] n. भगौना, कूँड़ा, तसला, नाँद (शराब बनाने तथा रँगाई इत्यादिके हेतु प्रयोगमें लाया जानेवाला छिछला बर्तन)।

back[1] १. adv. पृष्ठभागमें, पीछेकी ओर, पिछवाड़े; (अपने कहेसे) विमुख, परे (*go ~ from or upon one's word*); सामनेसे दूर; भूतकालमें या पूर्ववर्ती अवस्थामें या घरमें; बदलेमें *(answer ~)*; कुछ दूरीपर *(~ from the road)*; संवरित, अवरुद्ध या रोकी हुई दशामें (अवस्थामें), पिछड़ी दशामें *(keep ~)*; पश्चात्, अतीत कालमें, पूर्वकालमें, पूर्व, पहले, पीछे *(for years ~)*; *~ and forth* इधर-उधर, आगे-पीछे; *~bite* कलंक लगाना, अपयश फैलाना, निन्दा करना, बुराई करना, पीठ-पीछे निन्दा अथवा बुराई करना, चुगली करना; *~lash(ing)* उलटा चलना, आकस्मिक भार पड़ने अथवा मशीनकी खराबीसे पहियोंका बेकायदा चलना; *~ of* ⊙ पीछे; *~pedal* पीछेकी ओर पैडल चलाना; *~stitch* २. n., v.t. & i. बखिया, बखिया करना, बखियाना, बखिया होना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

backbite १. v.t. परोक्षगर्हणा करना (दे० ऊपर); ~er २. n. पिशुन, परोक्षनिन्दक, चुगलखोर; ~ing n. परोक्षगर्हणा, चुगली।

backer n. पृष्ठपोषक, प्रोत्साहक, समर्थक, सहायक।

backgammon n. एक प्रकारकी अक्षक्रीड़ा, चौसर या चौपड़की तरहका पासेका एक खेल; इस प्रकारके खेलमें पूर्ण विजय।

backing n. (क्रियागत अर्थोंमें) पृष्ठपोषकदल, सहायक-मण्डल, समर्थक-समुदाय; पृष्ठ-सामग्री, चीजोंका पक्ष अथवा पृष्ठभाग, समर्थन करने या बनानेके लिए प्रयुक्त सामान।

backslide v.t. पापापन्न होना, धर्मच्युत होना, पतित होना; त्यक्तधर्म होना, पापमें पड़ना।

backslider n. अधाश्रित, त्यक्तधर्म, अपकर्मी, पापी।

backward a. **backward(s)** adv. १. a. पिछला, पहलेका; विलोम, उलटा किया हुआ; विमन, संकोची, अनिच्छुक, शर्मीला, झेंपू, झिझकी; आलसी, सुस्त; २. adv. परोक्ष, विमुख, पीछे *(look, lean ~)*; सबसे पीछे; उलटा, पिछाड़ी, उलटे पाँव, पीठकी तरफ; बुरी दशामें, उससे खराब हालतमें, अतीत कालमें, भूतकालमें; विपरीत रूपमें, उलटे ढंगसे।

backwardation n. विधृति (सं० विलम्बधृति); (मालको देरसे पहुँचानेके कारण विक्रेता द्वारा दी जानेवाली) छूट।

backwardly adv. पश्चवर्तित्वेन, पश्चगत्या, पिछड़े हुए रूपमें।

backwardness n पिछड़ापन; प्रतिकूलता, विपरीतता, उलटापन; अरुचि, अनिच्छा; संकोचीपन, झेंपूपन; आलस्य, सुस्ती।

backwash n. प्रतिधावन; उद्धावन; विपाक; प्रतिगामी धारा, उल्टा प्रवाह; प्रतिक्रिया।

backwoods n. कान्तार, गहन, अरण्य; भीतरी वन; किसी नव-देशका अपरिष्कृत वन।

backwoodsman n. आरण्यक, वनीन, जंगली आदमी; 'हाउस ऑफ लार्ड्स'का व्यत्यस्तोपस्थित जन।

bacon n. शूकर-मांस, खाने योग्य सुअरका (नमकीन) माँस; *bring home the ~* (आ०) कार्यमें सफल होना; *save one's ~* मृत्युसे बच निकलना, किसी आघातसे बच जाना।

Baconian १. n. बेकनके सदृश शेक्सपियर द्वारा नाटकोंकी रचनामें विश्वास करनेवाला; बेकनका अनुयायी, बेकनका भक्त; २. a. प्रायोगिक, प्रयोगात्मक, अनुमान-जन्य; फ्रांसिस बेकनसे सम्बन्धित या उनके दर्शनसे सम्बन्धित।

bacony a. सुअरके मांसकी तरह।

bacteria n. pl. दे० BACTERIUM.

bacterial a. रोगाण्विक, जीवाणु-सम्बन्धी।

bactericidal a. शाकाणुघ्नीय, कीटाणुनाशक।

bactericide n. शाकाणुघ्न, कीटाणुनाशक औषध।

bacteriologist n. जीवाणुवेत्ता, रोगाणुशास्त्री।

bacteriology n. जीवाणुविज्ञान।

bacteriolysis n. शाकाण्वंशन, कीटाणुओंको किसी वस्तुमें घुलाकर मारनेकी क्रिया।

bacteriolytic a. शाकाण्वंशिक, कीटाणुओंको घुलाकर मारनेवाला।

bacterium n. *(pl. ~ria)* (लगभग सभी स्थान, जल, वायु इत्यादिमें पाया जानेवाला सूक्ष्म) जीवाणु, रोगाणु, रोगजीवाणु, बेलाणु।

Bactrian a. बाख्त्री, बख्त्र देशका; बैक्ट्रिया देश-सम्बन्धी; *~ camel* द्विककुदोष्ट्र, दो कुबड़वाला ऊँट।

baculite n. दण्डशंख।

bad* १. n. दुर्भाग्य, अभाग्य, बुराई *(take the ~ with the good)*; बट्टाखाता; ध्वंस, विनाश, नाश *(go to the ~)*; २. a. तुच्छ, हीन, नीच, निकम्मा, छोटा, बेकार, ओछा, खोटा, घटिया, खराब, फिजूल; अमान्य, अशुद्ध, निकृष्ट, कुत्सित, अभावयुक्त, अयोग्य, बुरा, रद्दी, गलत; घृणित, विषैला; दुश्चरित्र, दुष्ट, सदोष, दुर्वृत्त, चरित्रभ्रष्ट, दुश्शील, बदमाश; कष्टप्रद, अहितकारी, घातक, दुःखद, आक्रमक; (बोल०) कुख्यात, दुर्नाम, अप्रसिद्ध, बदनाम; व्यथित, व्यथाग्रस्त, निर्बल, दुर्बल, अस्वस्थ, क्षतविक्षत, पीड़ित, घायल, बीमार; *~ air* अशुद्ध वायु, गन्दी हवा; *~ blood* दुर्भावना, दूषित वृत्ति, कुवृत्ति, कटुता, मनमुटाव; *~ coin* निकृष्ट टंक, खोटा सिक्का; *~ debt* अशोध्य ऋण, बट्टे-खाते ऋण (जिसके भुगतानकी आशा न हो); *~ egg* (आ०) दुश्चरित्र व्यक्ति, बुरे चाल-चलनका आदमी; *~ food* अपौष्टिक या सत्त्वहीन भोजन; *~ form* विकृति, कुरूप; *~ hat* (आ०) दुश्चरित्र व्यक्ति, बुरे चाल-चलनका आदमी; *~ land* ⊙ अनुर्वर भूमि-खण्ड, ऊसर प्रदेश, बंजर प्रदेश; *a ~ way has a ~ end* आग खाएगा अंगारा उगलेगा; *go ~* दूषित होना, गन्दा होना; *with ~ grace* संकीर्ण दृष्टिसे, अरुचिपूर्वक, अनिच्छासे, बेदिलीसे; *~ shot* असत्य अनुमान।

baddish a. कुछ-कुछ बुरा।

badge n. विशिष्ट चिह्न; प्रतीक, लक्षण, पदचिह्नक, चिह्न, बिल्ला।

badger[1] n. (बोल०) कोकड़, फेरी करके माल बेचनेवाला।

badger[2] n. भालांक, बिज्जू; बिज्जूके बालोंसे बननेवाला मछलीका काँटा या रंगनेका बुरुश।

badger[3] v.t. कष्ट पहुँचाना, तंग करना, छेड़ना, सताना, परेशान करना; ऐसा दिक करना जैसा बिज्जूको कुत्ते दिक करते हैं।

badinage n. विनोदवार्ता, रंजनालाप, दिल खुश करनेके लिए कही गयी हल्की-फुल्की बात।

badly adv. अपूर्णतया, असफलतापूर्वक, दोषपूर्णतासे, निर्दयतासे, दुष्टतासे, भयंकरतासे, अधिकतासे, बुरी तरहसे, खराबीसे, शरारतसे, गलतीसे।

badminton n. चिड़िया खेल, बैडमिण्टन (खेल); ग्रीष्मकालीन पेय, ठण्डाई, शर्बत।

badness n. दुरवस्था, दुर्गुणता, बुराई, बुरी हालत,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

खराबी; अवैधता, अप्रमाणता, दोष; दुष्टता, निर्दयता, कठोरता, कुटिलता, खोटापन, विषाक्तता, अनिष्टकारिता, प्रतिकूलता, विपरीतता, दुर्गति, विपदा, बदमाशी।

Baedeker n. (कार्ल बीडेकर द्वारा स्थापित फर्म द्वारा प्रकाशित) गाइड बुक।

baff v.t. कन्दुकोत्क्षेपण करना, गेंद ऊपर फेंकना (ठोकरसे)।

baffle १. n. विचालक, गतिरोधक, परिवर्तनशील, सीधे रास्तेमें बाधक (हवाएँ); अवरोधक, व्यर्थकारी, घबड़ा देनेवाला; (~ or ~-*plate*) व्यारोध (निर्गमस्थान या प्रवेश द्वारसे तरल पदार्थके गमनको रोकने या धारावद्ध करनेकी धातुकी चद्दर); २. v.t. (मानव कौतूहल, शक्ति, सामर्थ्य, उपाय तथा जहाजकी) प्रगति रोकना, विकासमें बाधा डालना, कौशलमें पराजित करना, निष्फल कर देना, हरा देना, तोड़ देना, मात करना; अभिभूत करना, पराभूत करना, व्यग्र करना, चकरा देना, घबरा देना।

baffling a. वैकल्यात्मक; विफलकर; घबरा देनेवाला, निराश कर देनेवाला।

bafflingly adv. वैकल्येन; विफलतया; निराश कर देनेवाले ढंगसे।

baffy n. गॉल्फका डण्डा।

baft n. अल्पार्घ तूल-वस्त्र, बाफ्ता।

bag[1]* n. स्यून, गोणी, झोला, थैला, थैली, बोरा, खरीता; गायका थन; शरीरके भीतर मधुकोष, विषकोष आदि; आँखके नीचेकी उभरी जगह; ~s (ग्रा०) पायजामा; ~ and baggage बोरिया-बिस्तरके साथ, खाट-खटोला लेकर, पूरी तरहसे; ~ fox लायी हुई (न कि शिकार की हुई) लोमड़ी; ~pipe मशकबाजा, मशकबीन; ~ *of bones* अति दुर्बल मनुष्य, क्षीण प्राणी, डेढ़ पसलीका आदमी; *in bottom of* ~ अन्तिम प्रयासके रूपमें; *let cat out of* ~ अनिच्छापूर्वक रहस्यका उद्घाटन करना, भेद प्रकट करना, अनजाने ही बात बता जाना; *whole* ~ *of tricks* सारे प्रयत्न, सभी उपाय, सभी कोशिशें।

bag[2] v.t. & i. थैलेमें रखना या भरना; लटकाना; अधिकारमें करना, शिकार मारना, फँसाना; (सभ्य भाषित) अपहरण करना; (नौवि०) पथभ्रष्ट होना, भटक जाना; उभड़ आना, फूलना; (ग्रा०) अधिकारीके रूपमें दृढ़तापूर्वक कहना।

bag[3] v.t. (अनाज आदिको) हँसियासे काटना।

bagasse n. निर्माण-विधिमें शर्कराकी अवशिष्टि, राब, तलछट।

bagatelle n. क्षुद्र व्यापार; क्षुद्र धन, अत्यन्त अल्प धन, अल्प मूल्यका पदार्थ, मामूली रकम; हल्का राग; क्रीड़ा-विशेष, एक प्रकारका बिलियर्डकी भाँतिका छोटा खेल।

bagful n. स्यूनपूर्य्य, थैलेमें आने योग्य, थैलाभर।

baggage n. सम्भार, यात्रा-सामग्री; यात्राका सामान ⊙; थोड़े भारवाला सैनिक सामान, भार, बोझा; चंचल लड़की, (ग्रा०) निकम्मी स्त्री (केवल हँसीमें प्रयुक्त); ~-animal डेरा-डण्डाके साथ पशु भी; बँधना-बोरिया समेत जानवर भी; ~train सामान-गाड़ी, मालगाड़ी।

bagginess n. ढीलापन, फुलाव, झोल।

bagging n. सामान (बिस्तर, बोरिया, कपड़े-लत्ते, खटला), असबाब।

baggy a. लटकता हुआ, ढीला-ढाला, फूला हुआ, झोलदार।

bagman n. स्यूनजन; गोणीधारी; एजेण्ट, व्यवसायिक यात्री, व्यापारी आदि जो बैग लेकर घूमते हैं।

bagnio n. वेश्यालय, चकला; पूर्वदेशीय कारागृह, जेल; (अब केवल इटली व तुर्कीमें) स्नानगृह।

bagpiper n. भस्त्रावेणुवादक, मशक बाजा बजानेवाला।

bah int. छिः छिः, हिः, घृणासूचक अव्यय पद।

baignoire n. नृत्तशालासन, नाटकमें दर्शकके बैठनेके लिए स्थानविशेष।

bail[1] n. प्रतिमोचन, प्रतिभूति, जामिनी, जमानत; लग्नक, प्रतिभू, जामिन, जमानती, जमानतदार; *accepts, admits to* ~ जमानत स्वीकार करना; *allows, holds to, takes,* ~ जमानतपर छूटनेकी आज्ञा देना, जमानतपर जाने देना; *forfeit one's* ~ न्यायालयमें उपस्थित न होनेपर जमानत जब्त होना; *give leg* ~ (हास्य०) चम्पत हो जाना, रफू-चक्कर होना, भाग जाना; *go* ~ *for* किसी बातके सत्यकी प्रत्याभूति देना, गारण्टी देना; *save one's* ~ उपस्थित होना, हाजिर होना, जमानत बचाना।

bail[2] v.t. (मजिस्ट्रेटका) जमानतपर छोड़ना, जामिनपर छोड़ना, जमानत मान लेना, मुचलका लेना; जमानतपर (रिहा) मुक्त कराना; जामिन बनकर छुड़ाना; विश्वासपर (माल) सौंपना।

bail[3] n. (इति०) किलेकी आँगनकी दीवार, आँगन; खूटों द्वारा बनायी गयी किलेकी बाहरी सीमा; (आधु०) खुले हुए अस्तबलमें घोड़ोंको अलग करनेकी बल्ली; *swinging* ~ छतसे जानवरोंके चारेकी नाँदतक लटकनेवाली एक बल्ली; (क्रिकेट) गुणचिह्नकी भाँति डण्डोंपर रखी जानेवाली गिल्लियाँ।

bail[4] n. केटलीका हत्था, मुठिया इत्यादि; आधा कड़ा (जिसके सहारे गाड़ीका टप आदि लगाया जाता है); (आस्ट्रेलियामें) दूध दुहते समय गायका सिर थामनेके लिए लकड़ीका ढाँचा, फाँस।

bail[5] v.t. (डाकुओंके विषयमें) लूटनेके लिए निःशस्त्र करवाना, हथियार गिरवाना, हाथ उठवाना; बन्दी करना, कैदमें रखना, हवालात करना (ग्रा०)।

bail[6], **bale** v.t. & i. डोल आदिसे नाव आदिके भीतरका पानी बाहर उलीचना (~ *out water*); ~ *out* (वायुयान-चालकका) छतरी (पैराशूट) गिराना, छतरी उतारना।

bailable a. प्रतिमोच्य, प्रतिमोचनीय, प्रतिभूयोग्य प्रतिभूतियोग्य, प्रतिभाव्य, लग्नकदेय, लग्नकमोच्य, जमानतके योग्य (अपराध)।

bailbond n. लग्नकबन्ध, प्रतिभूति-पत्र जमानतके समय

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

जो कागज भरा जाता है।

bailee n. निक्षेपगृहीता, प्रतिभूग्राही, उपनिहिती, धरोहर-रक्षक, सपुर्ददार।

bailer n. जलोर्दचक; नावके भीतरसे पानी उलीचनेवाला; छतरी उतारनेवाला; (क्रिके०) गुल्लियोंपर लगनेवाली गेंद।

bailey n. कारागार या विचारालय; प्राचीर, कोई भीतरी रक्षात्मक प्राचीर, किलेकी बाहरी दीवाल या इससे घिरा हुआ कोई प्रांगण (आँगन); Old B~ (नगरकी प्राचीरसे घिरा हुआ प्राचीन आँगनमें स्थित) लन्दनका केन्द्रीय न्यायालय।

bailie n. स्कॉटलैण्डकी नगरपालिकाका दण्ड-न्यायाधीश।

bailiff n. आसेधक, भूप्रबन्धक, न्यायचारी, किसी जिलेमें राजाका प्रतिनिधि; प्यादा, कुर्क-अमीन, आदेशपत्रों एवं गिरफ्तारियोंके लिए नगरपालके नीचेका अधिकारी, वेलिफ; कार्यवाहक, जागीरदारका कार्यकर्ता, जमीनदारका कारिन्दा।

bailment n. उपनिधान, धरोहर सौंपना या देना; बन्दी-लग्नक, कैदीकी प्रतिभूति, निक्षेप, जामिनी, जमानत।

bailor n. उपनिधाता; निक्षेपी, अमानत रखनेवाला; प्रतिभूदाता, प्रतिरक्षक, जामिन।

bailsman n. दूसरेके लिए प्रतिभूदाता, जामिनदार, जामिन, जमानतदार।

bain-marie n. पाक-भाजन; (रसा०) गरम जलका बर्तन (जिसमें रखकर तश्तरियाँ गरम की जाती थीं)।

bairn n. शिशु, बालक, बच्चा।

bait[1] n. शिकारके लिए चारा, दाना; (ला०) विलोभन, प्रलोभन, आकर्षण, लोभ, लालच; यात्रामें जलपान या विश्रामके हेतु रुकना, दम लेना, सुस्ताना; live~ चारेके कामकी छोटी मछली।

bait[2] v.t. & i. (प्रा०) काटनेको प्रेरित करना, दाँतसे कटवाना; कुत्ते छोड़ना, जंजीरमें बँधे हुए जानवरको कुत्तों से नोचवाना; असहाय मनुष्यका उपहास करके यन्त्रणा देना, सन्तापन करना, सताना, तानों द्वारा विवश व्यक्तिको दुःख पहुँचाना; सरायमें ठहरना, घोड़ेको चारा देना या घोड़ेका चारा खाना (यात्रामें); (सच्चा या बनावटी) चारा (बंशीके काँटेमें या मछली मारनेके स्थानपर) लगाना, दाना डालना; जाल फैलाना, फँसाना।

baize n. रोमा, चादरोंके लिए प्रयुक्त लम्बे रोओंवाला ऊनी कपड़ा, पट्टू या बनातकी किस्मका कपड़ा।

bake v.t. & i. भर्जन करना, सेंकना, पकाना, (तवे या कड़ाहीमें) भूनना; गर्मीसे कड़ा करना, सख्त करना, सुखाना; (सूर्यका) फलोंको पकाना; (चमड़ा) शोधना, कमाना; धूपसे चमड़ेका रंग बदलना; सूखी आँचपर सेंकना, कोयलोंपर सेंकना, गर्मीसे पकाया जाना, सेंका जाना, कड़ा किया जाना, चमड़ेका शोधा जाना, कमाया जाना; ~house कन्दु, आपाक, भट्टी।

bakelite n. दर्शयास, बेकेलाइट, पदार्थ विशेष।

baker n. कान्दविक, आपूपिक, आपूपकार, नानबाई, रोटीवाला, रोटी बनानेवाला; मछली मारनेके लिए बनावटी मक्खी; ~'s *dozen* तेरहवीं पावरोटी (जो फेरीवालेको लाभमें मिलती है); *pull devil, pull* ~ दोनों ओर प्रेरणा देना, दोनों मशालोंमें तेल देना, दोनों दलोंको प्रोत्साहित करना।

bakeress n. नानबाइन, रोटीवाली।

bakery n. पाकशाला, नानबाईकी दुकान, बेकरी।

baking n. रोटी सेंकनेकी प्रक्रिया, पकाना।

baking-powder n. भर्जन-क्षोद (खमीर उठानेके लिए नानबाई द्वारा प्रयुक्त एक पाउडर)।

Balaam n. निराश करनेवाला महात्मा या संगी; (पत्रकारिता) समाचार-पत्रोंमें रिक्त स्थानोंकी पूर्ति करनेके लिए सुरक्षित लेख-सामग्री, भरतीके लेख।

balalaika n. गिटारके समान त्रिकोण वाद्ययन्त्र, बेलालाइका।

balance* n. तुलादण्ड, तुला, दांड़ीपल्ला, तराजू, काँटा; तराजूकी जगह प्रयुक्त कमानी या लीवर; तुलाराशि; दीवाल-घड़ी या हाथ-घड़ीकी बालकमानी; विवेचन-शक्ति, निर्णयात्मक क्षमता, निर्णय शक्ति; भाग्य-तुला, भाग्यकी अस्थिरता, किस्मतका उलट-फेर; धारणाओं एवं क्रियाओंका सन्तुलन, कामों और रायोंकी तौल; सन्तुलन, समतोलन, समभारता, तुल्यता, समगुरुता, एक-सा भार; सामंजस्य, समतोल, साम्य, समता, बराबरी (~ *of power*); (कला) समरूपता, एकरूपता; समावस्था, दृढ़स्थिति; भाराधिक्य, धनाधिक्य (*the* ~ *of advantage lies with him*); (लेखा०) शेष, जमा बाकी और नामे बाकीका अन्तर, बाकी, इस अन्तरका विवरण; (ग्रा०) अवशेष, बाकी; ~-sheet पक्का चिट्ठा, लेनीदेनीका चिट्ठा; ~-wheel घड़ीका गतिनियामक चक्र; ~ *in hand* अवशिष्ट, हाथ आया, बकाया (शेष रोकड़); ~ *of trade* आयात-निर्यातका अन्तर; *lose one's* ~ असन्तुलित होना, सन्तुलन खो देना, मानसिक या शारीरिक रूपसे अस्वस्थ होना, घबरा जाना; *on* ~ सर्वभावेन विचारना, हर बातपर सोचना; *strike a* ~ आय-व्ययका हिसाब लगाना;

~ account, ~ available, ~ box, ~ case, ~ certificate, ~ due, ~ electrometer, ~ order, ~reef, ~ return, ~-rider, ~-room, ~-weight.

balance v.t. & i. समभार करना, पूर्ण करना, कमी पूरी करना, धड़ा करना, एक-सा वजन करना; समपार्श्वन करना, सन्तुलन करना, समता करना, तुलना करना, जोड़ मिलाना, बराबरी करना, मुकाबला करना; निष्कर्ष निकालना, (बात) तौलना, (प्रश्न) तौलना, (दो परस्पर विरोधी तर्कोंको) विचारना, जाँचना, वजन करना; अस्थिर चित्त रहना; दोलायमान रहना, कम्पित होना, इधर-उधर हिलना-डुलना; (नृत्य) सहनर्त्तकके विमुख होकर नाचना; (लेखा०) आय-व्ययकी तुलना करना, जमा-नामकी बाकी निकालना; बाकीका भुगतान करके लेखा पूरा करना, हिसाब निपटा लेना, *account* ~*s*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

लेखाके दोनों पक्ष समान हैं, लेखा-जोखा बराबर है।

balanced a. सन्तुलित।

balancer n. तोलक, सन्तुलन करनेवाली वस्तु, तौलनेवाला व्यक्ति; मछलीके छोटे-छोटे पिछले पर; रस्सीपर खेलने या नाचनेवाला पहलवान।

balanitis n. मणिकोप, रोग-विशेष।

balas n. पाटलरत्न, एक प्रकारका गुलाबी रंगका रत्न।

Balbriggan n. मोजे और अण्डरवियरमें प्रयुक्त बुना हुआ सूती वस्त्र।

balconied a. छज्जेके साथ, बारजेवाला।

balcony n. प्रालिन्द, सज्जा, छज्जा, बारजा; (प्रेक्षागृहके) छज्जेपर लगी हुई सीटें।

bald a. इन्द्रलुप्त, खल्वाट, विकेशी, अकेशी, केशहीन, केशरहित, मुण्डा, गंजा; विस्तरहीन; (जानवरों इत्यादिके विषयमें) पंखहीन, बिना बालका, बिना परका, बिना रुँआके, बेरुँआ; वृक्षहीन, पत्रहीन, बिना पत्तोंका; निर्वन, वन-रहित; (घोड़ोंके सम्बन्धमें) सफेद दागवाले; (शैली-विषयक) निष्प्राण, निर्जीव, तत्त्वरहित, नीरस, असार, अलंकारहीन, एकरस, रूखी, फीकी, मन्द, खुली-खुली, उबानेवाली; *go ~-headed* (ग्रा०) परिणामोंकी चिन्ता न करना; सभी कुछ दाँवपर लगाना, बाजीपर लगाना।

baldachin, -quin n. (प्रा०) बहुमूल्य वस्त्र, कमख्वाब; (आधु०) चन्द्रातप, चाँदनी, चँदोवा, शामियाना।

baldcoot, baldicoot n. सफेद माथेवाली मुर्गाबी; खल्वाट आदमी, गंजा आदमी।

balderdash n. (आधु०) बकवास, ऊटपटांग, लष्टम-पष्टम, शब्दोंका घालमेल; अश्लील भाषा, इतर भाषा, गाली; (प्रा०) झागदार तरल पदार्थ, शराबोंका मिश्रण।

baldhead n. खल्वाट, गंजेसिरवाला व्यक्ति।

baldmoney n. वृक्षकविशेष, एक किस्मका पौधा।

baldness n. खल्वाटता, केशहीनत्व, अकेशीपन, गंजापन; पत्रहीनता, पक्षहीनता; निष्प्राणता, नीरसता, अलंकारहीनता, नंगापन, खुलापन।

baldric n. पेटी, कमरबन्द, पट्टा, तलवार या बिगुल इत्यादिका परतला।

bale[1] n. अनिष्ट, दुष्कर्म, पाप, बुराई; ध्वंस, नाश; विपदा, आपदा, कष्ट, क्लेश, दुःख, पीड़ा, कठिनाई, तकलीफ, तबाही।

bale[2] १. n. ग्रन्थि, गाँठ; गट्ठर, गट्ठा, बोरा; २. v.t. गाँठ बाँधना, गाँठ बनाना, गाँठमें बाँधना, गट्ठा बनाना।

baleen n. & a. तिम्यस्थि, हेल मछलीकी हड्डी(का)।

balefire n. चिताज्वाल, चितानि; चिता; बृहदनल, महाज्वाल, होली, बड़ी आग; सांकेतिक अग्नि, सावधानता-सूचक ज्वाला; उत्सवाग्नि, जयसूचक अग्नि, होलिका।

baleful a. विपदामय, कष्टमय, दुर्दशापूर्ण, पीड़ामय; द्रोहात्मक, नाशकारी।

balefulness n. कष्टमयता, दुःखमयता; अनिष्टकारिता, द्रोहात्मकता।

balefully n. शोकाकुलतया, दुर्जनतया; रोते हुए।

balk[1], **baulk** n. बाधा, रोड़ा, रुकावट; मेंड़; बिलियर्ड-की मेजका वर्जित भागः पार्श्वित काष्ठ, कड़ी, भद्दा शहतीर, छतका आड़ा शहतीर; मछली मारनेके जालका डंडा; *make a ~* बिलियर्डके वर्जित स्थानका उपयोग करना।

balk[2], **baulk** v.t. & i. छूट जाना, छोड़ देना, जी चुराना, बचना, भूल जाना (विषय, कर्तव्य, अवसर); हतोत्साह करना या होना, परिहार करना, व्यर्थ करना, वृथा करना, निष्फल करना, निराश करना या होना, निष्फल करना, बाधक होना, रोकना, बिगाड़ना; चौंकाना, झझोड़ना; शर्माना।

Balkan a. बलकान प्रायद्वीप-सम्बन्धी।

ball[1]* n. कन्दुक, गेंद, ठोस या खोखला गोलक, गोला; तोप, बन्दूक, पिस्तौल आदिकी गोली या गोला; बर्फका गोला, दवाका गोला, ऊनका गोला या डोरेका गुच्छा; (क्रिके०) गेंद फेंकनेवालेके द्वारा प्रथम बार गेंदका फेंकना *(no ~)*; *~ and socket* बहुत ही सुगमतासे घूम सकनेवाला जोड़ या सन्धि; *~-bearings* सान्द्रकयुक्त तदावरण, गोलियोंपरकी चूल; एक्सिलकी गोलियाँ; *~-firing* छर्रोंकी बौछार, गोलियाँ दागना; *~-flower* (स्था०) पच्चीकारी, नक्काशी; *~ of eye* अक्षि-कनीनिका, आँखका तारा; *three ~s* गिरवी रखनेवालेकी दूकानका चिह्न; *have the ~ at one's feet* सफलताका मार्ग देखना, सफलता नजर आना; *keep up the ~, keep the ~ rolling* बातचीत आदिमें अपना कार्य करना, वार्तालाप जारी रखना; *the ~ is with you* आपका अवसर है, आपकी बारी है;

~ ammunition, ~-cartridge, ~ condenser, ~ mill, ~-planting, ~ system (of voting), *~-tap.*

ball[2] v.t. & i. लपेटकर या दबाकर गोला बनाना; पिंड हो जाना, गोला बनना; *~ up* (ग्रा०) गोलमाल करना; गड़बड़ करना।

ball[3] n. नृत्यशाला, नृत्यगृह, नृत्यके हेतु सामाजिक सभा, नाचघर; *give a ~* नृत्यका निमन्त्रण देना, नाच दिखाना; *open the ~* नृत्यका आरम्भ करना; (ला०) कार्यारम्भ करना, काम शुरू करना।

ballad n. आल्हा (धीमे वाद्यों सहित एक ही लयमें गाये जानेवाले अनेक पद्योंका सरल भावगीत), बैलेड, भावोद्दीपक क्षुद्र कविता, भावोद्दीपक सरल गीत, गाथा, जनप्रिय गाथाकाव्य; *~-monger* साधारण कवि, भाट, तुक्कड़; *~ opera* गीतिनाट्य, लोकनाट्य।

ballade n. समान बन्दोंकी कविता (प्रायः सात या आठ पंक्तिकी); तीन या अधिक बन्दोंकी कविता (जिसके प्रत्येक बन्दमें सात या आठ पंक्तियाँ हों और प्रत्येक अन्तिम पंक्तिकी तुकें मिलती हों); *~ royal* सात या आठ दशाक्षरी पंक्तियोंके छन्द।

balladry n. गाथारचना, लोक-कथाकाव्य गायन।

ballast[1] n. निभार, स्थैर्यभार, पोतस्थैर्यद्रव्य, भराई, भार, लोहा-लकड़ी (जहाजोंमें स्थिरताके हेतु रक्खी गई भारी वस्तु, जहाजको रोक रखनेके लिए वजनी चीज);

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

खण्डाश्म, कंकरीट, भरत, कंकड़, गिट्टी; अनुभव, सिद्धान्त (विचार आदि जिनसे चरित्रमें दृढ़ता आती है); *in ~* भरा हुआ, भारसे लदा (जहाज); केवल बोझसा।

ballast[2] v.t. (ला०) (जहाजको स्थिर रखनेके लिए) भराई करना, बोझा लादना; पोत स्थिर करना; कंकरीट डालना, (सड़क इत्यादि) पक्की करना।

ballastage n. स्थैर्यभार-शुल्क, स्थैर्यभरणकी भृति।

ballasting n. भराई; पिटाई।

ball-cock n. गोला विशेष (पानीपर तैरनेवाला गोला जो पानीके साथ बहकर नालीका मुँह निरुद्ध कर देता है और पानी बहना रुक जाता है)।

ballerina n. नृत्य-सुन्दरी, नर्त्तकी, बैलेटकी रञ्जनवाला।

ballet n. नृत्यबहुल अभिनय; संगीत-संयुक्त नृत्यलीला; व्यावसायिक नर्त्तकों द्वारा रंगमंचपर सहनृत्य, संगतनाच, रास।

balletomane n. सहनृत्य प्रेमी, रासलीलिया।

balletomania n. रासलीला-प्रेम।

ballista n. अस्त्र-क्षेपक, पत्थर या गोला फेंकनेका यन्त्र।

ballistic a. अस्त्रक्षेप, क्षेपणयन्त्रीय, क्षेपण-सम्बन्धी, फेंकनेकी शक्तिसे सम्बन्धित, फेंकनेवाले या धकेलनेवाले यन्त्रसे सम्बन्धित।

ballistics n. क्षेपणशास्त्र, फेंकनेकी विद्या।

ballistite n. कोशोट (एक पाउडर जो शस्त्र फेंकनेमें प्रयुक्त होता है और धुँआ नहीं करता है)।

ballium n. दुर्गका आभ्यन्तरिक प्राङ्गण; दुर्गका प्राकार।

ballonet n. वायुयानकी वायुपेटिका, वायुयानमें वायुसंचयन मंजूषा; गुब्बारा।

balloon[1] n. गुब्बारा, बैलून; व्योमयान; कोई खोखली या हवा भरी हुई चीज; वृहत् काँचगोलक, शीशेका ग्लोब; (रसा०) भपका, भाप उतारनेका यन्त्र; (स्था०) लट्टू, गोला, स्तम्भ या मीनार (लाट) इत्यादिके ऊपरका बड़ा गोल भाग; पेड़-पौदोंको सीधा रखनेका ढाँचा या साँचा, पौदोंको मोड़नेका प्रकार; *~-barrage* विमान-रोधक, तार-संलग्न बैलून-बाँध, विमान-आक्रमणको रोकनेवाला लोहेके तारका जँगला।

balloon[2] v.t. गुब्बारेमें चढ़ना या उड़ना; गुब्बारेकी तरह सूज आना, फूल जाना।

balllooner n. गुब्बारची, व्योमयान या गुब्बारेमें चढ़नेवाला।

ballooning n. वायुस्फायन; गुब्बारोंकी रचना एवं प्रबन्ध।

balloonist n. व्योमयान-चालक, व्योमयान-निर्माता, गुब्बारेबाज, गुब्बारेका उड़ाका।

ballot[1] n. शलाका-पत्र (गुप्तमतदानमें प्रयुक्त गुप्तमतपत्र या छोटी गोली या टिकट); इस प्रकार दिये गये मत; शलाका-पद्धति, लाटरी निकालनेका ढंग (गोलियों द्वारा अथवा अन्य ढंगसे); *~-box* मतपेटिका, मतपत्रोंका सन्दूक, चुनावकी पेटी।

ballot[2] v.i. गुप्तमत देना; *~ for* गुप्तमत द्वारा (कर्मचारियों, अधिकारियों आदिको) निर्वाचित करना, चुनना; (प्राथमिकताके लिए) लाटरी निकालना।

ballot[3] n. ७० से १२० पौंड तककी छोटी गाँठ।

ballotage n. फ्रांसका दूसरा मतदान।

balloting n. शलाका-दान, शलाकन, बैलॉट द्वारा वोट देना।

Bali(haus)platz n. विगत आस्ट्रियाई तथा हंगेरियन साम्राज्यका वैदेशिक कार्यालय।

bally a. & adv. (ग्रा०) धत्त, हत तेरी, वक्ताके सन्तोष या असन्तोषको व्यक्त करनेका शब्द *(stung by a ~ wasp)*।

ballyhoo ○ n. क्रोधी वक्ताकी गर्जना या ललकार; मनगढ़न्त ख्याति, नीच या पथभ्रष्टकारी प्रकारका मिथ्या प्रचार, झूँठमूँठकी बड़ाई।

ballyrag v.t. & i. विनोदपूर्ण क्रीड़ा करना, कोलाहलपूर्ण खेल खेलना; उपहास या हँसी-ठट्ठा करना, ठिठोली करना; हाथ-पैर चलाना, हाथापाई या धक्कम-धक्का करके बुरा व्यवहार करना।

ballyragging n. कोलाहलपूर्ण खेल; ठिठोली; हाथापाई।

balm n. सुगन्धिवृक्ष, सुगन्धित स्रववाला वृक्ष; कुछ विशेष वृक्षोंका सुगन्धित तथा औषधीय स्वेदस्राव; सुगन्ध; पीड़ा कम करनेका मलहम; आश्वासन, शान्तिप्रद या सुखद प्रभाव।

balminess n. शान्तिप्रदता, मसृणता, कोमलता।

balmoral n. फीता लगे हुए एक प्रकारके जूते; लहँगा, साया; स्कॉटलैंडकी टोपी।

balmy a. सुगन्धि, सुगन्धित, सौधा; मसृण, स्वेदस्राव, रोगन या गोंद देनेवाला (वृक्ष); शान्तिदायक, उपशमकारक, शीतल, आरोग्यकर, कोमल।

balneal a. स्नानसम्बन्धी, अभिषेकीय।

balneology n. स्नानविज्ञान; स्नानका वैज्ञानिक अध्ययन (रोगनाशके लिए)।

balsam n. निर्यास, धूपियास, राल, मलहम; (ला०) शान्तिदायक उपकरण; (रसा०) उड़ जानेवाले तेलों और रालके मिश्रण; गुलमेंहदी;
~ apple, ~ bottle, ~ fir, ~ poplar, ~ spurge, ~ tree, ~ tree family, ~ weed.

balsamic a. स्निग्ध, चिकना।

balsamiferous a. स्निग्धतायुक्त।

balsamy a. धूपियास-गन्ध, सुगन्धित।

baluster n. क्षुद्रस्तम्भ, पतला और छोटा खम्भा, जँगलेको सँभालनेवाला खम्भा; (pl.) (अब प्रायः *banisters)* सीढ़ीके जँगलेको सँभालनेवाले डण्डे।

balustrade n. क्षुद्रस्तम्भ श्रेणी; चबूतरे या बरामदेका खम्भेदार जंगला या कठघरा।

balustraded a. जंगलेदार या कठघरेदार।

bam १. n. प्रतारणा, प्रवञ्चना, वितथत्व; २. v.t. प्रवञ्चना करना, छलना, ठगना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

bambino n. ईसाका शैशव-चित्र ।

bamboo n. वेणु, वंश, बाँस, बाँसकी छड़ी या लग्घी;
~ basket, ~ brake, ~ broom, ~ chick, ~ chips, ~ clump, ~-culm, ~-felling series, ~-flowering, ~ furniture, ~ handle, ~ ladder, ~ matting, ~ money, ~ oyster, ~ palm, ~ paper, ~ partridge, ~rat, ~ reed, ~ splints, ~-splitter, ~ stick, ~ sugar, ~ toys, ~ umbrella.

bamboozle v.t. छलविडम्बन करना, आँखोंमें धूल डालना, उल्लू बनाना, चक्करमें डालना, छल करना, छलना, धोखा देना, झाँसा देना, ठगना ।

bamboozlement n. छल, झाँसा, धोखा, चक्कर ।

ban[1] n. प्रणिपेध, धार्मिक निषेध, अभिशाप, रोक; अतिप्राकृतिक शक्तिपूर्ण शाप; धिक्कार, लानत-मलामत (प्रा०); निषेध (नियमानुसार); जनमत द्वारा मनाही; राज्यनिर्वासनका दण्ड ।

ban[2] v.t. & i. निषेध करना, मना करना, रोकना, शाप देना (प्रा०) ।

ban[3] n. सैन्य-अधिकारी; हंगेरी आदिमें जिलेका अधिकारी ।

banal a. तुच्छ, सामान्य, साधारण, मामूली; जीर्ण, पुराना; अपदार्थ ।

banality n. तुच्छता, सामान्यता, साधारणता; साधारण बात; जीर्णता, पुरानापन ।

banana n. कदली, केला (फल, पेड़); *hand of ~s* केलेका गुच्छा;
~ bird, ~ boa, ~ family, ~ fly, ~ liquid, ~ moth, ~ oil, ~ root-borer, ~ solution.

Banburycake n. ऑक्सफोर्ड शायरके बॉनबरी स्थानका बना मसालेदार केक ।

banco n. बैंक-मुद्रा, अधिकोष-मुद्रा (बैंकका हिसाब जिस मुद्रामें होता है वह मुद्रा) ।

band[1]* n. गायकोंका समूह; बीन बाजा, बैंड; (सशस्त्र मनुष्यों, डाकुओं तथा समान उद्देश्यवाले मनुष्योंका संगठित) संघ, मण्डल, जत्था*; (जिल्दसाजी) प्रतिबन्ध, बन्द, बन्ध, पट्टा, पट्टी, कागजोंको एक साथ रखनेका फीता; पतली वस्तुकी चपटी पट्टी; लोहे या रबरके फीते आदिका घेरा; पट्ट, वस्त्र, पोशाककी पट्टी; (यन्त्र०) पहियोंको मिलानेवाली पट्टी; धारी; किसी चीजपर रंगकी पट्टी या भेद करनेवाली वस्तु; (pl.) गलेके कालरकी दो लटकती हुई पट्टियाँ; ~ box पिटारा, दफ्ती या कागजका डब्बा; ~master बैंडबाजेका अधिकारी, बीन मास्टर; ~saw पहियेपर सततरूपेण चलनेवाला गोल आरा; ~stand बाजा बजानेका चबूतरा; ~'s man बैंडबाजेवाला; *réef ~* पालपर मजबूतीके लिए लगायी जानेवाली पट्टी;
~ allowance, ~ chain, ~ cutter, ~ pulley, ~sawyer, ~-shaped, ~ spectrum, ~ station, ~ string, ~-tailed.

band[2] v.t. संघटन करना, षड्यन्त्र रचना, जत्था बनाना, इकट्ठे होना; पट्टी बाँधना, पट्टी लपेटना; धारियाँ बनाना ।

bandage १. n. (आहत स्थान आदिमें) बाँधनेकी पट्टी (घाव या अवयवको बाँधनेके लिए, या आँखोंपर लपेटनेमें प्रयुक्त कोई वस्तु); २. v.t. पट्टीसे बाँधना ।

bandaging n. मरहम-पट्टी ।

bandanna, -ana n. रंगीन रूमाल (पीत अथवा श्वेत बुन्दकियोंवाला गहरे रंगका रूमाल) ।

bandeau n. औरतोंके टोपको चुस्त रखनेवाला फीता या पट्टी; सरबन्द, औरतोंके बाल बाँधनेका डोरा या फीता ।

banded a. पट्टीबद्ध, पट्टित, रेखित; फीतेसे बँधा हुआ फीतेदार ।

banderol(e) n. इमारतमें पत्थरपर उभरे अक्षर; पट्टीवेल्ल, अक्षरवाला फीता; शूरवीरोंके भालोंमें विभूषक झण्डियाँ; मस्तूलपर उड़नेवाला फाँकदार लम्बा पतला झण्डा ।

bandicoot n. (भारत) धानाखु, धूँस, बिल्लीके समान बड़ा चूहा; (आस्ट्रे०) एक कृमिभोजी जानवर; भित्तिपातन ।

bandit n. (pl. *~itti, ~its*) सन्धिभेदक, लुण्ठक, दस्यु, डाकू, लुटेरा, सेंधमार, डकैत, बटमार (प्रायः संगठित समूहोंमें); a *~ti* दस्युगण, डाकुओंका समुदाय, लुटेरोंका जत्था ।

bandog n. शिकारी कुत्ता, खोजी कुत्ता, एक प्रकारका बड़ा कुत्ता; जंजीरमें बँधा कुत्ता ।

bandoleer, -ier n. कन्धेकी कारतूसकी पेटी ।

bandoline n. एक प्रकारकी चिपचिपी वस्तु ।

bandore n. त्रितन्त्री (एक पुराने किस्मका सितार) ।

bandy[1] n. वक्राग्रयष्टि (हाकीके खेलमें प्रयुक्त) हाकीका-डण्डा, स्टिक; (अव *~-ball* भी) हाकी (खेल); (मूलतः) एक विशेष प्रकारका टेनिस (खेल), क्रीड़ाविशेष ।

bandy[2] v.t. (गेंद) इतस्ततः क्षेपण करना, इधरसे उधर मारना, इधरसे उधर फेंकना, इधर-उधर पहुँचाना, देना (ला० कथाएँ, उपाधियाँ आदि); विचार-विनिमय करना, बहस करना (नाम आदिके सम्बन्धमें); देना, लेना (मुक्का आदि); अदला-बदली करना (कुछ चीज किसीसे) ।

bandy[3] n. छकड़ा, बग्घी, घोड़ागाड़ी (हिन्दुस्तानी गाड़ी) ।

bandy[4] a. पंगा (जिसके घुटनोंमें अधिक दूरी हो) ।

bandylegged a. धनुःपदी (घुटनेपर मुड़ी हुई टाँगोंवाला) ।

bane n. विष; नाशका कारण (मूल); (का०) विपदा, विपत्ति, विनाश, दुःख ।

baneful a. विषैला, घातक, विनाशी ।

banefulness n. विनाश ।

bang[1] n. धमाका, धम्म, आघातका शब्द, थप्पड़का शब्द, बन्दूकका शब्द, खटका ।

bang[2] v.t. & i. गुरुतर आघात करना, जोरसे बन्द करना, जोरसे मारना, ठोंकना (द्वार); पीटना, ठोंकना;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अतिक्रमण करना, बढ़ना (ग्रा०)।

bang[3] १. n. बालोंकी लटकन, माथेपर लटकते बाल; २. v.t. माथेपरके बाल काटना; ~-tail दुमकटा घोड़ा।

bang[4] adv. & int. पूर्णतः, अकस्मात्, एकाएक, धमाकेके साथ, धमसे।

bangle n. वलय, कंकण; कड़ा, छड़ा, पहुँची, बाँगरी, चूड़ी।

bangled a. कड़ेदार, चूड़ीवाला।

banian, banyan n. हिन्दू-व्यापारी, सौदागर, लाला, बनिया; (बंग देशमें) यूरोपीय व्यापारी घरोंका देशी दलाल; फलालैनका सलूका (बनियाइन); वटवृक्ष, बरगदका पेड़; ~-day वह दिन जिस दिन मांस न पकाया जाये; ~-hospital पशुओंका अस्पताल।

banish v.t. निष्कासन करना, देश-निर्वासन करना।

banishment n. निष्कासन, देशनिर्वासन।

banister n. सोपान-स्तम्भ; सीढ़ियोंका जँगला।

banjo n. (pl. *~os, oes*) पंचतन्त्री, सारंगीकी तरहका वाद्ययन्त्र, बैंजो।

banjoist n. बैंजोवादक।

bank[1] n. वेलातट, तट, पुलिन, तटबन्ध, पूरतट, कूल, तीर; नौघाट; टीला; बादल या बर्फका चौरस ढेर; कूट, नदीका ढालुवाँ किनारा, नदीके समीपकी भूमि (दायाँ, बाँया तट); पोले स्थानका किनारा।

bank[2] v.t. & i. (मोटरकार, वायुयान या तदारोहीका) एक ओर अधिक उठा होकर (यात्रा करना) चलना; घड़ीके एक विशिष्ट पुर्जेको बन्द करना (गतिरोधक काँटोंके सम्बन्धमें); गतिनिरोधक काँटोंको ठोंकना; ~ *on* ⊙ गिनना जारी रखना; ~ *up* तटपर ढेर लगना (बादल, बर्फका); (अलावमें लकड़ियाँ) खूब जमाकर रखना।

bank[3] n. अधिकोष, सर्राफा, लेन-देनकी कोठी, बैंक; (द्यूतमें) जुआ खिलानेवालेके सामने रखा हुआ धन;
~ account, ~ association, ~ balance, ~ certificate, ~ certificate of draft, ~ charges, B~ Charter Act, ~ column, ~ commission, ~ cress, ~ crisis, ~ discount, ~ disputes' tribunal, ~ draft, ~ draft payable account, ~ draft register, ~ erosion, ~ failure, ~ guard, ~ holiday, ~man, ~-notepaper, ~-note press, ~ operations, ~ ordinance balance sheet, ~ overdraft, ~ paper, ~ pass book, ~ post bills, ~ rate, ~ rate of discount, ~ reconciliation statement, ~ reference, ~ reference register, ~ rent, ~ report, ~ restriction, ~ return, ~ stock.

bank[4] v.t. & i. साहूकारी करना, रुपयेका लेन-देन (सराफा) करना, बैंक चलाना; बैंकमें रुपया आदि जमा करना; चेक या हुण्डी तुड़ाना, भुनाना; (द्यूतमे) संग्रहीत धनको रखना; ~ *(up) on* (आशाओंका किसी चीज या मनुष्यपर) आश्रित करना, होना, दृढ़तापूर्वक आशा करना, भरोसा करना।

bank[5] n. बाजेके परदे; (कुछ व्यवसायोंमें) काम करनेकी मेज; नौकामें मल्लाहोंके बैठनेका स्थान; (नौकामें) पतवारोंकी पंक्ति।

bankable a. अधिकोषणीय, बैंकके स्वीकार करने योग्य (हुण्डी, नोट आदि)।

bank-bill n. अधिकोष-अर्थपत्र; वचन-पत्र; अधिकोष-विपत्र, एक बैंक द्वारा दूसरे बैंकके नाम दिया चेक।

bank-book n. अधिकोष-पुस्तक, बैंककी बही।

bank-credit n. अधिकोष-प्रत्यय, बैंकमें जमा धनमेंसे एक निश्चित रकम अनुमति द्वारा निकालना।

banker[1] n. आधिकौषिक, अधिकोषपति, धनागारपति, श्रेष्ठी, महाजन, पोद्दार, साहूकार, सर्राफ, बैंकका संचालक आदि; (द्यूतमें) जुएका महाजन, हार-जीतका धन देने-लेनेवाला; जुआ खिलानेवाला; पत्तों (ताश)से खेला जानेवाला जुएका एक खेल।

banker[2] n. मजदूर; (शिकारमें) सधा हुआ या टट्टी फाँदनेवाला घोड़ा।

banker[3] n. लकड़ी या पत्थरकी तिपाई (जिसपर ईंटें या पत्थर तराशे जाते हैं)।

banket n. पिंडके समान दक्षिणी अफ्रीकामें प्राप्त होनेवाला स्वर्णयुक्त पत्थर, सोनेसे मिले ढेले।

banking n. (वाचिक अर्थोंमें) अधिकोषण, अधिकोष-व्यापार, पोद्दारी; समुद्रतटपर मछलीका शिकार;
~ account, ~ adviser, ~ business, B~ Companies Act, ~ company, ~ crisis, ~ department, ~department charges account, ~ department investment transaction account, ~ department stationery account, ~ deposit account, ~ development, ~(सहाय) engine, ~ facilities, ~ firm, ~ hours, ~ operations, ~ principle, ~ syndicate, ~ treasury, ~ union.

bank-note n. अधिकोष-पत्र, अर्थ-पत्र।

bankrupt[1] n. (कानून) नष्टनिधि, दिवालिया; शोधाक्षम, अकिंचन, टुटपुँजिया, ऋण चुकानेमें असमर्थ।

bankrupt[2] v.t. दिवाला निकालना, दिवालिया बनाना।

bankrupt[3] a. निःसम्बल, दिवालिया, धनशोधनमें अक्षम; ऋण देनेमें असमर्थ होनेपर कानूनी कार्यवाहीके अन्तर्गत; वंचित (किसी गुण आदिसे), कोरा।

bankruptcy n. नष्टनिधित्व, नष्टनिधिता, शोधाक्षमता, धन शोधनमें अक्षमता, दिवाला, दिवालियापन; ऋण चुकानेमें असमर्थताकी दशा; शून्यता, सर्वनाश, सम्पूर्ण नाश, सत्यानास (किसी वस्तुका)।

Banksia n. पांडुपुष्पा (आस्ट्रेलियाकी एक फूलोंवाली झाड़ी)।

banksman n. खन्यधिदर्शक (ओवरसियर जो खानके मुखपर कार्य करता है)।

bank-stock n. अधिकोष-स्कन्ध, बैंकमें जमा पूँजी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

banlieue n. उपनगर, बस्ती; बाहरी क्षेत्र (नगरका)।

banner n. (सम्राट्, राजा, सरदारकी) वैजयन्ती, ध्वज, पताका, झंडा, फरहरा, निशान; सिद्धान्तोंके प्रतीक या चिह्नके लिये प्रयुक्त कोई वस्तु; प्रधान, प्रमुख, मुख्य ⊙; प्रथम श्रेणीका ⊙; ~ headline (समाचार पत्रमें) शिरोरेखा: ~-screen टाँड़, अँगीठीकी ओट; (गुण०) उत्कृष्ट, सर्वोत्तम, सर्वोच्च।

bannered a. ध्वजयुक्त, पताकाशोभित, पताकाधारी, झण्डेदार।

banneret n. उपाधि-विशेष; युद्धभूमिमें 'नाइट' (सरदार)की उपाधिप्राप्त व्यक्ति; वीर, सूरमा, सरदार (जिसके ध्वजके नीचे कई योद्धा हों)।

bannerol n. कब्रकी झंडी (महान् पुरुषके शवके साथ ले जायी जानेवाली ध्वजा)।

bannock n. पिष्टक-विशेष, घरकी बनी रोटी; (विलायतमें) चपाती।

banns n. विवाह-घोषणा, विवाह-सूचना, परिणयसंवाद-प्रचार, विवाहकी घोषणा *(put up ~)*।

banquet[1] n. महाभोज, भोज, जेवनार; किसी उत्सवको मनानेके हेतु या किसी निमित्तके प्रचारके लिए वक्तृताओंके साथ-साथ चलनेवाला भोज।

banquet[2] v.t. & i. भोज देना, अधिक मदिरा पीना या पिलाना; स्वादिष्ट भोजन करना या कराना, पेट भरना।

banqueter n. निमन्त्रक, विशिष्ट भोजन करानेवाला, पेट भरनेवाला।

banquette n. फ्रांसीसी गाड़ीमें कोचवानके पीछेकी जगह; गोलन्दाजीका टीला।

banshee n. मृत आत्माका रोदन (वह आत्मा जिसका रोना अपशकुनपूर्ण और मृत्युका चिह्न माना जाता है)।

bantam n. एक नाटा पालतू मुर्गा (जावाका); पक्षि-विशेष; नाटा परन्तु साहसी पुरुष।

banter[1] n. सुशील व्यक्तित्व; हँसी, छेड़छाड़, मजाक।

banter[2] v.t. & i. उपहास करना, विद्रूप करना, व्यंग करना, हँसी-मजाक करना, दिल्लगी उड़ाना; छेड़ना, बनाना।

banting n. स्थूलत्वके घटानेकी एक चिकित्सा-विधि।

bantling n. शिशु, बच्चा, छोकरा।

Bantu n. & a. अनेक सजातीय अफ्रीकी भाषाएँ एवं जातियाँ, बाँटू।

baobab n. तितलौकी, अफ्रीकाका बहुत मोटे तनेका एक वृक्ष, मंकीब्रेड (बन्दरकी रोटी भी कहलाता है), बेबाब।

baptism n. ख्रीष्टधर्माभिषेक, नामकरण-संस्कार, ईसाई मतमें दीक्षा, ईसाई बनानेका संस्कार, बपतिस्मा; गिरजाघरकी घण्टियों तथा जहाजोंका नामकरण; ~ of blood अदीक्षित ईसाईका बलिदान; ~ of fire सैनिकका प्रथम युद्ध।

baptismal a. नामकरण, ईसाई दीक्षा, बपतिस्मा-सम्बन्धी।

baptist n. ख्रीष्टधर्मका दीक्षागुरु, ईसाई दीक्षागुरु, बपतिस्मा करनेवाला; शिशुओंको दीक्षा देनेका विरोधी एक सम्प्रदाय।

baptist(e)ry n. ख्रीष्टधर्मकी दीक्षाका स्थान, बपतिस्मा घर, बपतिस्माके लिए प्रयुक्त गिरजाका एक भाग; बपतिस्मी सम्प्रदायके गिरजोंमें स्नान-पात्र (हौज)।

baptize v.t. जलसंस्कार करना, ख्रीष्टधर्ममें दीक्षित करना, शुद्धीकरण या दीक्षाके चिह्न स्वरूप पानीमें गोता लगवाना या पानी छिड़कना, ईसाईधर्ममें मिलाना, ईसाई बनाना; दीक्षित करना, नाम रखना, बपतिस्मा देना; (ला०) पवित्र करना, शुद्ध करना; उपनाम या नाम रखना, चिढ़ानेका नाम रखना; उन्नति देना, बढ़ाना।

bar[1] n. शलाका, दण्ड, छड़, किसी कड़े पदार्थ (धातु, लकड़ी, साबुन आदि)का लम्बा डण्डा; पट्टी, पदकके कुंडेके नीचे लगायी जानेवाली चाँदीकी पट्टी; रंग इत्यादिकी पट्टी; ढालपर पड़ी दो समानान्तर रेखाएँ; अवष्टम्भ, आगल, बल्ली, बेंड़ा, रोक (खिड़की, फाटक, दरवाजा इत्यादिको रोकनेवाला पीछे लगाया हुआ डण्डा या लकड़ी); किसी आकारकी आड़ या अटकाव; (संगी०) अनावश्यक रोक, संगीत-लिपिमें तालके लिए खड़ी लकीर; नैतिक बाधा (रुकावट); कार्य या स्वत्वको रोकनेवाला निमित्त; न्यायालयका घेरा, कठघरा (जहाँपर अभियुक्त खड़ा होता है); (संसद्) छड़ोंकी बाड़; कठघरा या घेरा (जिसके आगे सदस्योंके अतिरिक्त कोई नहीं जा सकता); (सराय, पथिकाश्रममें) गणना-फलक; खिड़की (जहाँसे जलपान दिया जाता है); जलपान-गृह; शराब-घर; harbour ~ दहानेके सामने बालूकी रोक; ~-bell व्यायामके हेतु प्रयुक्त लोहेकी छड़के दोनों सिरोंपर लोहेके गोलोंवाला यन्त्र; the ~ न्यायालय, अदालत; बैरिस्टरका व्यवसाय; वकील समुदाय, वकील-सभा; *trial at* ~ एक विशेष न्यायालयमें; *be called to* or *within the* ~ वकील या बैरिस्टर नियुक्त होना।

bar[2] v.t. अवष्टम्भन करना, रोधन करना, रोकना (मार्ग इत्यादि); अर्गलसे (दरवाजा) बन्द करना, आगल लगाना; (~*ring-out* विद्यार्थीको शासन-द्रोहसे) पृथक् रखना; (ग्रा०) आपत्ति करना, घृणा करना, एतराज करना (मानव, आदत आदिका); कानूनी आक्षेप द्वारा (कार्यवाही) रोकना; ध्यान न देना, बाहर करना, निकालना; धारी या पट्टी लगाना।

bar[3] n. यूरोपीय समुद्रकी एक बड़ी मछली।

baragouin n. दुरूह वा दुर्बोध भाषा, समझमें न आनेवाली भाषा।

barb[1] १. n. ईसाई भिक्षुणीका ठोड़ीतकको ढकनेवाला सिरका कपड़ा; पक्ष्मक; तन्तु, परोंका रेशा; कूर्च, दाढ़ी; कण्टक, बारबल मछलीके काँटे या गलमुच्छे आदि; शूलाग्र, काँटा, आँकड़ा, तीर या बंसीकी मुड़ी हुई नोक, फल आदि; (ला०) पीड़ा, चुभन, डंक; २. v.t. शूलाग्र या फल (तीरपर) लगाना।

barb[2] n. बर्बर देशके घोड़ों और कबूतरोंकी नसल।

barbarian n. & a. विदेशी, न्यारा, भाषा एवं रीति-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

रिवाजोंमें देशियोंसे भिन्न; नृशंस, असंस्कृत, अशिष्ट, जंगली, गँवार, बर्बर (व्यक्ति); गैर-ईसाई।

barbaric a. असंस्कृत, असभ्य, रूक्ष, बर्बर, गँवारोंकी भाँति या गँवारोंके कौशल एवं रुचिवाला; विदेशीय।

barbarism n. असभ्यता (गँवारपन), अशिष्टता, असभ्य अवस्था, बर्बर अवस्था, अज्ञानता, अक्खड़पन; गँवारपन (वाक्य-शैली, बातचीत अथवा लिखनेमें विदेशी या गँवारू पुट)।

barbarity n. जंगलियोंकी-सी निष्ठुरता, क्रूरता, निर्दयता, बर्बरता, असभ्य अवस्था, बर्बर अवस्था, इसका उदाहरण; असभ्य या गँवारू शैलीका नमूना, रूक्ष, गँवारू शैली या रुचि।

barbarization n. अशिष्टीकरण।

barbarize v.t. & i. अशिष्ट या निर्दय बनाना या बनना; (भाषा) भ्रष्ट करना।

barbarous a. नृशंस, निर्दय; अशिष्ट, असंस्कृत, रूक्ष; असभ्य; बर्बर; (मनुष्य, प्रजा) (यूनान या रोमन साम्राज्यके बाहर) अनार्य; (अयवन या अलैटिन) अशिक्षित, अपढ़, अशुद्ध।

barbarousness n. निर्दयता, असभ्यता, बर्बरता।

Barbary ape n. बर्बर बानर, उत्तरी अफ्रीका और जिब्राल्टरका बिना पूँछका बड़ा बन्दर।

Barbary sheep n. बन्यमेष; बारबेरीकी एक जंगली भेड़।

barbate a. (बन०) शूकिल, रेशेदार, गुच्छेदार, बालीदार; (प्राणि०) शिखावान्, चोटीदार, चुटियावाला, दाढ़ीयुक्त।

barbecue १. n. डेग, कड़ाव, कड़ाई; मांस सेंकनेका लकड़ी या लोहेका ढाँचा; भुना हुआ पूरा सुअर और बैल आदि; पूरे भुने हुए जानवरोंके भोजनकी दावत ⊙; काफीके दाने सुखानेके लिए जमीन; २. v.t. (पूरा पशु) भूनना।

barbel n. स्पृशा; चतुःस्पृशा, गलमुच्छोंवाली मछली।

barber n. नापित, नाई, हज्जाम; ~ block कृत्रिम बाल बनाने व दिखानेका स्थान।

barber(r)y, ber~ n. दारुहरिद्रा, हिमहरिद्रा, झड़बेरी (एक प्रकारकी कण्टकयुक्त लताविशेष); बेर, इसके फल।

barbette n. किले या जहाजमें गोलन्दाजीका धुस्स, दमदमा, मोर्चा, बुर्ज।

barbican n. प्राचीर, किलेकी बाहरी दीवाल।

barbital n. कोलसु, बारबीट्यूरिकके तेजाबसे तैयार एक द्रव।

barbitone n. कोलसु, तेजाब विशेष।

barbituric a. एक विशेष प्रकारका तेजाब।

barbule n. पक्ष्मिका, सूक्ष्म-श्मश्रु, छोटीसी दाढ़ी।

barcarole, -olle n. नाविकों या मल्लाहोंकी गीत; इस गीतका अनुकरण।

bard[1] n. केल्टिक जातिका कवि, चारण, वैतालिक, भाट (बन्दी); पूर्वकवि; गीतकार।

bard[2] n. छाती और बगलीके लिए घोड़ेका कवच।

barded a. कवचसे ढका हुआ।

bardic a. कवि या भाट-सम्बन्धी।

bardling n. कविमन्य, गवैया, भाट, तुकबाज।

bardolatry n. कवि-पूजा-प्रवृत्ति, शेक्सपियर-भक्ति।

bare[1] v.t. उद्घाटन करना, प्रकाशन करना, नग्नीकरण करना, नग्न करना, नंगा करना, प्रकट करना, खोल देना, तलवार म्यानसे निकालना।

bare[2] a. अनावृत, स्पष्ट, रिक्त, अरक्षित, शून्य, जर्जर, विवस्त्र, नग्न, नंगा, खुला हुआ, खाली, छूछा, गंजा, सुन्न, म्यानसे बाहर निकली (तलवार); मात्र, केवल; अल्प, दरिद्र, सादा, थोड़ा; अनाच्छादित, वृक्षहीन, वृक्षरहित; ~back नंगी पीठवाला, बिना जीन कसे घोड़ेपर; ~ faced बिना दाढ़ी-मूँछका; आवरणरहित, स्पष्ट, निर्लज्ज, ढीठ, अविवेकी, बेशर्म; ~footed नंगे पाँव, उपानहरहित पद; ~-headed अनावृत सिर, खुले सिर; ~-ribbed अतिकृशित, क्षीण, बहुत दुबला; ~-ankled, ~ announcement, ~ area, ~-armed, ~-branched, ~ bone, ~ designation, ~ facts, ~-fingered, ~-handed, ~ -kneed, ~-legged, ~ly naked, ~-necked, ~ outline, ~ rock, ~ site, ~-skinned, ~ -skulled, ~ statement, ~-throated, ~-toed, ~ trustee, ~-worn.

barege n. दर्शाशुक, कौशेयवास, एक प्रकारका जालीदार रेशमी कपड़ा।

barely adv. स्पष्ट, खुले रूपमें, खुल्लमखुल्ला; मात्र, केवल; कठिनतासे।

bareness n. विवस्त्रता, शून्यता, नंगापन, सूनापन, सादगी, आच्छादन या आवरणका अभाव।

baresark १. n. नार्वेका योद्धा; २. adv. निहत्थे, कवचरहित रूपसे।

bargain[1] n. सम्पणन, क्रय-विक्रयका माल, मोलभाव, मोलतोल, सट्टा, सौदा, करार; a ~ अच्छा या मुनाफेका सौदा; *good, bad* ~ सस्ता या तेज सौदा; *into the* ~ तद्भिन्न, अतिरिक्त; घलुआमें, मुफ्तमें; *make best of bad* ~ गले पड़ेको निभाना, आपत्तिको हँसते-हँसते झेलना; *strike a* ~ सौदा पक्का करना, तै कर लेना।

bargain[2] v.t. & i. सौदा करना, मोलभाव करना, मोल करना, तै करना, ठहराना; ~ *away* हानि उठाकर विनिमय करना, विक्रय कर डालना, हानि उठाकर दे देना; ~ *for (a thing)* उद्यत रहना, आशा करना।

bargainee n. सम्पणिती, सौदा करनेवाला।

bargainer n. क्रय-विक्रय करनेवाला।

barge १. n. प्रमोद-तरणी, अमीरोंका बजरा, नवाड़ा, हाउस-बोट; माल लादनेकी चौड़े पेंदेवाली नौका, नाव; युद्ध-पोतकी अतिरिक्त नौका (अधिकारीके लिए); २. v.i. (ग्रा०) नाव चढ़ा देना, लड़ा देना; ~-pole रोकनेके लिए लट्ठा; ~ *in* घुस पड़ना; *would not touch with a* ~*-pole* कुछ नहीं समझता।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

barge-board n. (बार्जा) छज्जेका विभूषित पर्दा।
barge-couple n. अट्टालिका-स्तम्भ, दोहरा शहतीर।
bargee n. नाविक, माझी, मल्लाह; *swear like a* ~ धाराप्रवाह रूपसे, बेधड़क रूपसे शपथ खाते जाना।
bargeman n. नौप्रबन्धक, तरणीसंरक्षक, माँझी।
barge master n. नौ-प्रभु, नावका मालिक।
barghest n. श्वाकृति (कुत्तेकी आकृतिवाला पौराणिक पशु जिसका प्रगट होना मृत्यु या आपत्तिसूचक होता है)।
baric a. हर्यात्विक, बेरियमयुक्त या बेरियमकी।
barilla n. पादपक्षिार, स्पेन और सिसलीका एक वृक्ष; बरीला; इसको या समुद्री सिवारको जलाकर बनी सज्जी।
baritone n. (संगी०) गुरुध्वनि।
barium n. (रसा०) हर्यातु, क्षारयुक्त भूमिके मूलमें पड़ी एक धातु, बेरियम।
bark[1] n. वल्क, बक्कल, छाल (पेड़के तने वा डालियोंकी); चमड़ा पकानेके लिए सूखी छाल; (ग्रा०) त्वचा, खाल; कुनैन; ~ bed चमड़ा पकानेकी छालकी गर्म तह; ~ bound त्वचावरुद्ध, छालके कड़ी पड़ जानेसे रुकी हुई बाढ़वाला पेड़; ~ tree सिनकोना, कुनैनका पेड़; ~ beetle, ~-blaze, ~-blazer, ~ cambium, ~ cork, ~ disease, ~ed wood, ~ -extract, ~ fibre, ~ girdling, ~ gouge, ~ leaves, ~ liquor, ~-liver, ~-scorching, ~ spud, ~ structure.
bark[2] v.t. वल्कापनयन करना, पेड़की छाल उतारना, छाल निकालना, छाल छुड़ाना, छिलका उतारना; तह जमाना; पेड़की बाढ़ रोकना; घुटने आदि रगड़ना, घिसना।
bark[3], **barque** n. नाव या जहाज; तीन मस्तूलवाला एक प्रकारका छोटा जहाज।
bark[4] n. भूँक, भौं-भौं, हुवा ह···वा और प्लिल टिल्लका शब्द; कुत्तों, लोमड़ियों, गिलहरियोंकी आवाज; (ला०) बन्दूकका शब्द या खाँसीका; ~ *worse than bite* काटें कम भूँकें अधिक, गरजना बहुत बरसना कम, अधिक बकझक करना किन्तु किसीको हानि न पहुँचाना।
bark[5] v.t. & i. भौंकना, भूँकना; चिड़चिड़ाकर या ढिठाईसे बोलना; चीत्कार करना, कर्कश शब्द बोलना; (ग्रा०) खाँसना; ~ *at* बुरा-भला कहना, गाली देना; ~ *out* अरन्तुद वचन कहना; दुःशील शब्द उच्चारित करना, चिड़चिड़ाकर बोलना; ~ *up the wrong tree* अनपराधीको घुड़की देना।
barker n. बकझक करते हुए या डपटते हुए आक्रमण करनेवाला मनुष्य, भूँकनेवाला; नीलाम या दूकानका दलाल ⊙; (ग्रा०) तोप, पिस्तौल।
barley n. (pl. ~*s*) यव, जव, जौ; जौका दाना; जवकी बुकनी; ~-brake यवक्रीड (पुराने जमानेमें जौके खेतमें खेला जानेवाला खेल); ~-bree तीव्रमधु, तेज शराब; ~-broth यवासव, जौसे बनी शराब; ~-corn जौकी फसल; ~ mow खलिहान; ~-sugar यव-शर्करा, जौसे बनी खाँड; ~ water यव-जल (जौका पानी जो बीमारोंको दिया जाता है); pearl ~ छाट, जौका दलिया; ~ pearling, ~ pearling mill ⊙.
barm n. शराबका झाग, खमीर।
barmaid n. मधुबाला, सुरसुन्दरी (शराब पिलानेवाली शराबखानेकी स्त्री)।
barman n. साकी, मदवितरक (शराब पिलानेवाला आदमी)।
barmbrack n. शष्कुली (एक बढ़िया किस्मकी रोटी जो आयरलैण्डमें बनती है)।
Barmecide n. & a. काल्पनिक भोजदाता, झूठा उपहार देनेवाला; आशाभंजक, मायावी, काल्पनिक, मिथ्या।
barmkin n. दुर्ग-प्राचीर; किसी गढ़ीकी बाहरी दीवाल-पर बना हुआ कँगूरा या बुर्ज।
barmy a. फेनिल, फेनयुक्त, झागवाला; (ग्रा० ~ *on the crumpet* भी) झक्की, सनकी, पागल।
barn n. विक्रयागार, संग्रहागार, धान्यागार, कोष्ठागार, कोठार, कोठा, कोठी, बखार, रक्खी, सुसौरा; शस्यागार, खलिहान; (घृणामें) सादी इमारत; अश्वशाला, अस्तबल, घुड़सार ⊙; ~ dance एक विशेष प्रकारका नृत्य; ~-door इतना बड़ा लक्ष्य (जिसपर निशाना न चूके); ~-stormer घूमने-फिरनेवाला खिलाड़ी या अभिनेता; ~-yard बाड़ा।
barnacle[1] n. (ग्रा०) ऐनक, चश्मा; सँड़सी, नकचिमटी (जो नाल बाँधते समय घोड़ेकी नाकपर लगायी जाती है)।
barnacle[2] n. शीतऋतुमें इंग्लैण्डमें आ जानेवाला ध्रुवप्रदेशीय हंस; जहाजकी तहमें चिमटा रहनेवाला एक समुद्री जीव; कट्टरपन्थी, कट्टर अनुयायी।
barograph n. भारविज्ञान; वायुभार लेखक, वातपीड-लिख, चाप लेखक, वायुदाब लेखक।
barology n. भारशास्त्र।
barometer n. वायुमान यन्त्र, वातपीड़मान, वायुभार-मापक, चापमापक, वायुदाब-लेखी, वायुदाब-मापी, वायुदाबमापक यन्त्र, बैरोमीटर; साधारण, पहियेदार, साइफन तथा कुण्डीय ~; ~ *of opinion* (ला०) मत-निर्णायक, विचारमापक।
barometric(al) aa. वायुदाबमापक यन्त्र-सम्बन्धी।
barometry n. चापमापन, वायुदाबमापन।
baron n. सामन्तक, जागीरदार, ताल्लुकेदार, रईस, नवाब, छोटा लॉर्ड, लॉर्ड, बैरन; ⊙ किसी वस्तुका बड़ा व्यापारी; ~ *of beef* जुड़वाँ पुट्ठा (गायका मांस)।
baronage n. सामन्तकी, नवाबी, ताल्लुकेदारी, रईसी; सामन्तकता, सामन्तकपद; धनाढ्य समुदाय; रईसोंकी नामावली।
baroness n. नवाबिन, बैरनकी पत्नी; सम्भ्रान्त महिला, बैरनकी उपाधि प्राप्त स्त्री।
baronet[1] n. उपसामन्तक, परम्परा प्राप्त छोटा नवाब।
baronet[2] v.t. उपसामन्तीकरण, उपसामन्तक बनाना, छोटा नवाब बनाना, बैरोनेटका पद देना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri, Funding:IKS

baronetage n. उपसामन्तकता; उपसामन्तक-वर्ग, बैरोनेट मण्डल, बैरोनेट (छोटे नवाब) लोगोंका समुदाय; उपसामन्तक-वंशावलि, उनके नामों एवं कार्योंकी सूची, नवाबोंका इतिहास।

baronetcy n. उपसामन्तक-पद, बैरोनेटका पद या अधिकार।

baronial a. सामन्तकीय, नवाब या बैरनसे सम्बन्धित।

barony n. सामन्तकता, सामन्तक पद, सामन्तक विषय, बैरन (नवाब)का पद, पट्टा, प्रदेश; (स्कॉटलैण्डमें) विस्तृत या बड़ी जागीरदारी या जमींदारी; (आयरलैण्डमें) जिलाका भाग।

baroque n. & a. १७वीं–१८वीं शतीकी कलाकी शैली विशेष; अनवस्थित, विचित्र, अनोखा।

baroscope n. वातपीडेक्ष, वायुदाब-दर्शी, वायुके घनत्व-परिवर्तनका सूचक उपकरण या यन्त्र।

barouche n. वाहक और चार मनुष्योंके बैठने योग्य टपदार चौपहिया बग्घी (गाड़ी), छादहीन शकट-विशेष।

barque n. लघु जलयान-विशेष।

barquentine, bark n. सामने मस्तूलवाली नौका।

barracan n. मोटा घटिया ऊन।

barrack १. n. बारिक, सैन्यागार, सैन्यावास, सेना-निवास; (स्थानान्तरितार्थ) भवन जिसमें दूसरे लोग (जैसे बच्चे) उसी प्रकार समूहमें एकत्रित रखे जाते हैं; पंक्तिवास; अत्यन्त भद्दी या बिलकुल सादी इमारत; २. v.t. बारिकमें रखना; उपहास करना, धिक्कारना (खिलाड़ियोंको)।

barracoon n. दास-गृह, घेरा, चौपाल या बाड़ा (बन्दियोंके लिए)।

barracuda, ~coota, ~couta n. पश्चिमी द्वीपसमूह (वेस्ट इंडीज) की एक बड़ी समुद्री मछली।

barrage n. अवष्टम्भ, बन्ध, बाँध; द्वारितवार, आक्रमण करने अथवा रोकनेके हेतु बनायी गयी रोक, आड़; creeping ~ सैन्यदलके आगे-आगे चलनेवाली रोक।

barrator, -er n. वादव्यसनी, लड़ाका, फिसादी; (कानून) झगड़ालू, मुकदमेबाज, अदलतिया।

barratrous a. फिसादी, मुकदमेके लिए प्रोत्साहन देनेवाला।

barratry n. वादोत्तेजन, वादव्यसन, मुकदमेबाजी; न्यायभ्रष्टता; प्रतारणा; (सामुद्रिक कानून) जहाजके स्वामियोंकी हानिके लिए जहाजके कर्मचारियोंका छल या भारी उपेक्षा या असावधानी।

barred a. (क्रियागत अर्थोंमें); अवष्टब्ध, तिरोहित, रुष्ट, रुका हुआ, रेतसे रुका हुआ, उण्डोंसे बन्द (बन्दरगाहके सम्बन्धमें)।

barrel[1] n. ढोल, लकड़ीका पीपा; सामर्थ्यका माप; रम्भ, घड़ी और अन्य मशीनोंका निरन्तर नाचनेवाला सिलण्डर; बेलन या सिलण्डरके आकारका शरीर या किसी वस्तुका तना; शेर और घोड़ेका धड़; नाल, बन्दूक-की नली; ~-bulk पाँच घन फुट वस्तु; ~ house ⊙ मद्यशाला, शराबखाना; ~-organ घूमनेवाला ढोलना (सिलण्डर) लगा हुआ वाद्ययन्त्र; ~-vault रम्भ-द्वार, ऐसा दरवाजा जिसमें ढोलके आकारका मेहराब हो।

barrel[2] v.t. पीपोंमें रखना।

barrelled, barrel-shaped aa. पीपेसा, नलीदार, सिलण्डरके आकारका।

barren १. n. पटपर, ऊसर भूमि; २. a. वन्ध्य, अनुर्वर, असफल, अफल, बाँझ, ऊसर, बंजर; बच्चे, फल, अन्न उत्पन्न करनेमें असमर्थ या रहित; व्यर्थ, मन्द, थोड़ा; ~wort बैंगनी तथा पीले फूलोंवाला पौधा।

barrenness n. बाँझपन, व्यर्थता।

barret n. एक तरहकी गरम टोपी।

barricade[1], **~ado** n. शत्रुके आगमनके निवारणार्थ निर्मित प्राचीर, किलाबन्दी, धुस्स, किसी प्रकारकी रुकावट, अवरोध, रोक या आड़, (शीघ्रतामें गाड़ियों, पत्थरों, मेजों आदिसे, निर्मित) कच्ची मोर्चाबन्दी।

barricade[2], **~ado** v.t. अवरोध करना, अवरुद्ध करना, दुर्गनिर्माण द्वारा सुरक्षित करना, बचाव करना, मोर्चाबन्दी करना, (स्थान या व्यक्तिकी) इसके द्वारा रक्षा करना; (सड़क) रोक देना, रुकावट डालना (चीजोंका ढेर बनाकर)।

barricado n. निरोधिदुर्ग, सुरक्षिदुर्ग; अवरोध, रुकावट।

barrico n. छोटा-सा पीपा।

barrier[1] n. अवरोधक, धुस्स, रोक, बाड़; (विदेशी कस्बों-में) शुल्कद्वार, चुंगीका फाटक; (प्राचीन रथ-दौड़की प्रतियोगितामें) कठघरा, जंगला; नेजाबाजीका कठघरा; अवरोध, कोई बाधा (चहारदीवारी आदिकी), आड़।

barrier[2] v.t. खाँचेके भीतर बन्द करना, आड़ लगाकर रोकना; बाड़ या जंगला लगाना।

barring prep. छोड़कर, सिवाय···के।

barrister n. विधिवक्ता, बैरिस्टर; revising ~ (पार्लियामेन्टके) संसदीय चुनावमें निर्वाचक नामावलियों-का पुनर्निरीक्षक।

barrow[1] n. (पुरा०) समाधि-स्तूप, समाधियोंका टीला, कब्रोंके ऊपरका मिट्टीका ढेर; (स्थानीय नामोंमें) पहाड़ी।

barrow[2] n. (*hand-~* भी) वाहिका, हस्तचालित यान, हथगाड़ी, ठेला; अर्थी, स्ट्रेचर; (*wheel-~* भी) एक पहियेकी एक मनुष्यसे चलनेवाली गाड़ी; (*coster's ~* भी) दो पहियेवाली हथगाड़ी (ठेलागाड़ी)।

barrow[3] n. (देशज) बधिया शूकर, सुअर।

barter[1] n. विनिमय, वस्तुविनिमय द्वारा व्यवसाय, विनिमय द्वारा एक चीजका एक स्थानसे दूसरे स्थानको भेजना या लाना, अदल-बदलका व्यापार; (गणि०) परस्पर बदली जानेवाली चीजोंकी गणना।

barter[2] v.t. & i. वस्तु-विनिमय करना, वस्तुके बदले वस्तु लेना-देना, अदल-बदलका व्यापार करना, अदल-बदल करना; घाटेका सौदा करना, दे देना।

barterer n. अदल-बदलका व्यापार करनेवाला।

bartizan n. कँगूरा, कँगूरेदार छज्जा, बुर्ज।

barton n. खलिहान; सीर (वह भूमि जिसका मालिक उसे स्वयं जोते)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

barycentric a. भारकेन्द्रीय, वजनके बीचसे सम्बन्ध रखनेवाला।

baryta n. हरिजा, खनिजपदार्थस्थित मृत्तिकाविशेष, बोझिल क्षार-मिट्टी, बेरियमका मूल ऑक्साइड, बैरीता।

barytes n. हरिशुल्बिज, बेरियमका शुल्बीय (सल्फेट)।

barytic a. क्षारयुक्त।

barytone n. & a. धीमी आवाजवाली भेरी; गायनमें तार और मन्द्रके मध्यका सुर; (यूनानी व्या०) शब्द जिसके अन्तिम स्वरपर भारी आघात हो अथवा कोई आघात न हो।

basal a. आधारिक, आधारीय, आधारलग्न, प्रधान, सारभूत, मूल, आधाररूप, नींव या मूलसम्बन्धी।

basalt n. असिताश्म, आग्नेय, गहरी हरी या बादामी आग्नेय चट्टान, एक प्रकारका पत्थर, चीनी मिट्टी, बसाल्ट।

basaltic a. बसाल्ट-सम्बन्धी या उसके रंगका।

basaltiform a. बसाल्टके आकारका।

basan n. मेषकृत्ति, तैयारकी हुई भेड़की खाल।

basanite n. हरिभसिताश्म; एक प्रकारकी चट्टान।

bascule n. एक प्रकारका उत्तोलक, उत्तोलन-दण्डसे उठाने-गिरानेका पुल।

base[1] n. आधार, आस्थान, मूल (आश्रय), प्रारम्भिक स्थान, सिद्धान्त, तल, अधोभाग, नींव, पेंदी, अड्डा; (स्था०) चौकी तथा खम्भेके दण्डके खम्भेका भाग; (वन०, जीव०) अंगमूल, शाखा; (रेखाग०) रेखा या समतल (जिसपर जहाज या ठोस आकार खड़ा किया जाता है); (गणित०) इकाई; (सर्वेक्षण) त्रिकोणमितिके लिए ज्ञात रेखा (ज्यामितीय आधारके लिए प्रयुक्त होता है); (सेना०) सेनाके पीछेका स्थान (जहाँ भण्डार, औषधालय, कागजात इत्यादि सुरक्षित रहते हैं); (रसा०) कीमिया तत्त्वविशेष (जो तेजाबसे मिलकर नमक हो जाता है); भस्मीय; ~ball ⊙ एक खेल; ~ fee सोपाधि संपत्।

base[2] v.t. संस्थापन करना, स्थापना करना, स्थापित करना, आधार बनाना, आधार होना, नींव डालना; ~ *oneself on* आश्रित होना, भरोसा करना (तर्क आदिमें)।

base[3]* a. कूट, घृणित, पतित, अधम, नीच, स्वार्थी, कापुरुष, कमीना; जारज;(मूलतः) बौना, अल्प उँचाईका (अब केवल पौधोंके नाममें); ~-born हीनजन्मा, विजन्मा, हीनजात, नीचजन्मा, दोगला, खोटा, नीच जातिका; ~coin कुप्यटंक, अपधातु-मुद्रा, जाली सिक्का, कुप्य धातु; ~ court खलिहानके पीछेका आँगन; अवर न्यायालय; किलेका बाहरी आँगन; ~ metal महार्घ धातुसे भिन्न स्वल्पार्घ धातु, अपधातु;

~ angle, ~-board, ~ bullion, ~ exchange, ~ exchange capacity, ~ exchange process, ~ level, ~line, ~ map, ~ metal ore, ~ year.

baseless a. अमूलक, निर्मूल, निराधार, असत्य; भित्तिहीन।

baselessness n. निर्मूलता, निराधार होना।

basement n. निम्नतल, भरती, पावा, पाया, नींव; भूगृह, तलघर, तहखाना।

baseness n. वैजात्य, नीचता, दोगलापन।

bash v.t. घूँसेका प्रचण्ड प्रहार करना, मारकर चूर-चूर करना, खूब जोरसे पीटना।

bashaw n. 'पाशा'का पहला रूप; तुर्कीकी एक उपाधि, पदवी।

bashful a. अतिनम्र, शालीन, विनीत, लज्जावान्, लज्जालु, भीरु, शर्मीला, झेंपू।

bashfulness n. विनय, भीरुता, शर्मीलापन।

bashi-bazouk n. तुर्कीकी अव्यवस्थित सेनाका सिपाही (लूट और मारके लिए प्रसिद्ध)।

bashi-bazoukery n. लूटमार।

bashless a. निर्लज्ज, बेहया, बेशरम।

basial n. चुम्बन-सम्बन्धी।

basic a. मौलिक, मूल, आधाररूप, प्रधान, प्रारम्भिक बुनियादी; तात्त्विक; नींव-निर्मायक; नींवका, नींव-सम्बन्धी; (रसा०) मूलगुणयुक्त या आधारयुक्त; (धातु०) सफेद कड़े (पत्थर); भास्मिक, भस्मीय; B~ English ८५० शब्दोंका चयन; ~ petrol निजी मोटर रखनेवालोंका मूल राशन; ~ slag फॉस्फेटयुक्त खाद।

basicity n. पैठिकता, पीठिता, मूलके साथ संयुक्त करनेकी अम्ल (acid)की सापेक्ष शक्ति; भास्मिकता, भस्मीयता।

basil[1] n. मंजरीक तुलसी, काली तुलसी, एक सुगन्धित जड़ी बूटी।

basil[2] n. मेषकृत्ति, कमायी हुई भेड़की खाल जो जिल्दसाजीके काम आती है।

basilar a. आधार-; आधार-सम्बन्धी।

Basilian a. बेसिलीय; सन्त बेसिलके सम्प्रदायका।

basilic a. बेसिलीय; राजकीय; प्रकोष्ठ नाडी, कोहनीसे आरम्भ होनेवाली बीचकी (नाडी)।

basilica n. (रोममें) कॉन्स्टैण्टाइन द्वारा संस्थापित सात गिरजोंमेंसे एक; (मूलतः) राजप्रासाद,राजगृह, राजभवन, महल; विशाल विचारगृह या सभामण्डप, अदालत अथवा सभाके लिए विशाल कक्ष; गिरजाघरका कमरा।

basilicon, ~um n. राजलेप, मलहमके प्रकार।

basilisk n. कल्पित सर्प, शेषनाग, सर्पराज; एक कीड़ा; (जीववि०) अमरीकाकी छिपकली विशेष।

basin* n. द्रोणी, गोल या अण्डाकार घाटी; नदी द्वारा सींचा हुआ प्रदेश; जमीनसे घिरा हुआ बन्दरगाह; जहाजका माल चढ़ाने-उतारनेके लिए बाढ़-दरवाजोंवाला स्थान; पात्र, पात्री, कटोरा, तसला, चिलमची; गड्ढा, तलैया; आलवाल, थाला; (भूगर्भ०) केन्द्रकी ओर धँसती हुई परतोंका ढाँचा, इसमें जमा हुआ कोयला आदि;

~ clip, ~ guard, ~-holder, ~ irrigation, ~ listing, ~ method, ~-shaped valley, ~-wide plan.

basined a. पात्रनिहित, भाजनस्थित, बर्तनमें रखा हुआ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

basinet, basnet n. इस्पातकी हलकी टोपी।

basinful n. तसलाभर, पात्रभर।

basipetal a. आधाराभिवर्द्धी, जड़की ओर बढ़नेवाला।

basis n. (pl. *bases*) (मुख्यतः ला० अर्थोंमें); आधार, प्रारम्भ, मूल-सिद्धान्त, मुख्य अंश, नींव; व्यवहार आदिके हेतु मिलन-भूमि; सैनिक कार्यवाहीका मूलस्थान।

bask v.t. अग्निसेवन करना, सूर्यसेवन करना, धूप खाना, तापना; सेंकना; ~ing shark सबसे बड़े प्रकारकी शार्क मछली।

basket[1] n. पिटक, पिटारा, झावा, टोकरी, डलिया; टोकरीभर (~*ful* भी); बेंतका दस्ताना (जो पट्टेबाजी व सिंगलस्टिकमें काम आता है); ~ ball शिक्य-कंदुक, गेंदका एक खेल विशेष; ~ chair बंशासनी, बाँसकी कुर्सी; ~ hilt बेंतके कामकी मूँठ, टोकरेकी-सी मूँठ; *pick of the* ~ सर्वश्रेष्ठ;

~-maker, ~-makers' co-operative society, ~-makers' ware, ~-making, ~-planting, ~-shape jaggery, ~ test tube, ~ willow, ~-work.

basket[2] v.t. (रद्दीकी अथवा दूसरी) टोकरीमें रखना या डालना।

basketry n. बेंतके बने हुए पात्र; टोकरीसाजी।

baslard n. छुरिका, कटार (शोभार्थ कटिबन्धमें प्रयुक्त की जानेवाली लघु कृपाण)।

bason १. n. नमदा जमाने या टोप बनानेकी तिपाई; २. v.t. नमदा जमाना।

Basque n. & a. पश्चिमी पिरेनीजकी भाषा या निवासी, बास्की; झालरदार अँगिया; अँगियाकी झालर।

bas(s)-relief n. निम्न उद्भूत, कम उभरा हुआ; नक्काशी या पत्थरतराशीका काम।

bass[1] n. Black B~ ह्यूरों झीलकी मछली; यूरोपीय समुद्रोंकी मछली।

bass[2] n. चटाई और टोकरी बनाने तथा पौदे बाँधनेमें प्रयुक्त नीबूके पेड़की भीतरी छाल; ~-wood अमेरिकन नीबू या उसकी लकड़ी।

bass[3] n. & a. मन्द्र (स्वर), गायनमें सबसे नीचा स्वर; गम्भीर ध्वनिवाला; ~ bar वीणा-यष्टि, वायलिनके निचले भागमें लगी हुई एक डण्डी।

Bass[4] n. बासके यहाँकी बनी हुई शराब, उसकी बोतल।

basset[1] n. छोटी टाँगोंवाला शिकारी कुत्ता।

basset[2] n. ताशका एक अप्रचलित खेल।

basset[3] १. n. (भूगर्भ०) परतका निकला हुआ भाग, उठी हुई परत; २. v.i. निकलना, उठना, उभरना।

basset-horn n. तारशृंग, तूर्य वाद्ययन्त्र।

bassinet n. कच्छपेन्दुक; टपदार झूला, बेंतका पालना; (बच्चोंकी) गाड़ी।

basso n. = BASS[3]; नीचे स्वरमें गानेवाला; गहरी नीची ध्वनि।

bassoon n. युग्ममुरली, अलगोजा, वाद्यविशेष।

bassoonist n. अलगोजावादक।

bast n. नीबूके पेड़के अन्दरकी छाल; अन्य लचकदार रेशेदार छालें।

bastard n. & a. अप्रकृत, विजात, विजन्मा, जारज, हरामी (सन्तान); अनधिकृत, कृत्रिम, मिथ्या, वर्णसंकर, झूठा, खोटा, दोगला; ~ slip भूमिके अन्दरवाली खाद्यशोषक (पेड़की) जड़ें, (ला० हरामी भी); (वन०) दूसरी जातियोंके लगभग अनुरूप।

bastardization n. जारजत्वकी घोषणा।

bastardize v.t. वर्णसंकर या जारज घोषित करना, जारज-संज्ञा प्रदान करना, जारज सिद्ध करना; खोटा बतलाना।

bastardy n. विजन्मता, जारजत्व, जारजता, जारी, हराम, हरामीपन; खोटापन; ~ order जारजीय आदेशपत्र (जिसके द्वारा ज्ञात पिताको जारज लड़केका पालन-पोषण करना पड़े)।

baste[1] v.t. तागा भरना, कच्ची सिलाई करना; (बुना) टप्पा मारना।

baste[2] v.t. घी लगाना, चुपड़ना, मांसको जलनेसे बचानेके लिए (भूँजते समय) तर करते जाना, कबाबपर घीका पुचारा देना; मोमबत्तीपर पिघला मोम (बनाते समय) डालना।

baste[3] v.t. यष्टि द्वारा आघात करना, ठोंकना, पीटना, डंडे लगाना।

Bastille n. कारागार, कारावास, जेल; गढ़, किला, शाही बन्दियोंको बन्द करनेका किला।

bastinado १. n. (pl. ~*es*) तलवोंपर डण्डोंकी मार; २. v.t. पादतलताडन करना, दण्डताडन करना, पदतल-पर बेंत मारना, डण्डा मारना।

bastion n. वप्र, दुर्गकी दीवारका उभड़ा हुआ भाग, गरगज, बुर्ज।

bastioned a. गरगजवाला, बुर्जदार।

bat[1] n. चमगादड़, गादुर; (वि०) चौंधर, कुछ अन्धा; *have ~s in the belfry* पागल बनना।

bat[2] १. n. (क्रिकेट और बेसबालका) बल्ला, बैट; २. v.t. & i. बल्लेसे खेलना, बल्ला मारना, इनिंग करना; ~s-man बल्लेबाज, गेंद मारनेवाला; जहाजपर उतरनेवाले वायुयानको बल्लेसे सिग्नल (संकेत) करनेवाला मनुष्य; *off one's own* ~ स्वयं, अवलम्बरहित; अपने बलबूते-पर (क्रिकेटमें), (ला० भी); *carry one's* ~ खेलके अन्ततक आउट न होना (न मरना)।

bat[3] n. (आ०) प्रहार या पदकी गति (*went off at a rare* ~)।

bat[4] n. *the* ~ बोलचालकी भाषा; *sling the* ~ (सैन्य आ०) विदेशी भाषा बोलना।

bat[5] v.t. झपकाना, पलक मारना।

batable a. विवाद्य, तर्कापेक्ष, विवादग्रस्त।

batch n. धाण, रोटियोंका धान, एक साथ पकायी हुई रोटियाँ; वर्ग, मुट्ठा; समूह, दल, जत्था, थोक।

batching n. अनुवर्गीकरण।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

bate[1] १. n. चमड़ा साफ करनेके लिए क्षारपूर्ण घोल, लेवी; २. v.t. घोलमें डुबोना।

bate[2], **bait** n. (ग्रा०) कोप, क्रोध, गुस्सा *(was in an awful ~)*।

bate[3] v.t. & i. शक्तिक्षीण होना, कमजोर हो जाना; कम करना (आशा आदि), रोकना (साँस); घटाना (अंश, भाग *not ~ a jot of)*।

bateau n. लघु तरणी, छोटी नाव।

bath[1]*, **Bath** n. निमज्जन, स्नान; प्रक्षालन, धोना; स्नान करनेका जल, नहाने धोनेका जल, घोल, साधन आदि; स्नान-पात्र (*sitz-~*), बर्तन; स्नपनी, स्नानी, स्नानागार, स्नानगृह, नहानी, गुसलखाना; स्नान-नगर (जहाँ लोग स्वास्थ्यप्रद झरनों और सोतोंमें नहाने जाते हैं); सॉमरसेट शायरका एक नगर (जहाँ गरम पानीके झरने हैं); सरदारीका पद (अभिषेकके कारण); ~-brick सिकतेष्टिका, धातुओंको माँजनेका मसाला; ~-bun मधुशष्कुली, मीठी मसालेदार केक; ~-chair रोगीकी कुर्सी; ~-robe ⊙ ड्रेसिङ्ग गाउन; ~-room स्नानागार, अभिषेकगृह, गुसलखाना; ~-stone दानेदार इमारती पत्थर; ~ of blood विध्वंस, खूनकी नदी;

~-mat, ~-salts, ~-sponge, ~-stand, ~-towel, ~-tub.

bath[2] v.t. स्नान कराना, (परिचारिकाका) नहलाना (बच्चे या रोगीको)।

bathe v.t. & i. प्लावन करना, मज्जन करना, जल द्वारा धोना, (तरल पदार्थ, वायु या प्रकाशमें) निमज्जित करना, डुबाना; स्नान करना या कराना, नहाना, नहलाना; धूप लगवाना, (धूप आदिसे) ढाँपना; ~ing machine पहियेदार स्नानगृह (जिसमें बैठकर समुद्रमें नहाने जाते हैं)।

bather n. स्नायी, अभिषेकी।

bathetic a. अपकर्षी या अवनतिवाला, उच्चसे निम्न भावकी ओर आनेवाला (पद्य आदि)।

bathing n. अभिषेक, स्नान, नहाना;

~ ghat, ~ place, ~ platform, ~ towel, ~ tub, ~ trough.

bathometer n. जलगाम्भीर्यमापक, गाम्भीर्यमान, जलकी गहराई नापनेका यन्त्र।

bat-horse n. माल ढोनेवाला घोड़ा।

bathos n. भावापकर्षपूर्ण, वाक्यालङ्कारविशेष; उच्चसे निम्न भावकी ओर पतन; अवसरच्युत व्यापार, बिना अवसरकी बात।

bathybius n. अब्धितलज; समुद्रके निम्नतम तलमें पाया जानेवाला पदार्थ।

bathymetrical a. गाम्भीर्यमितीय; समुद्रगाम्भीर्यमितीय; जलकी गहराई नापनेवाले विज्ञानसे सम्बन्धित।

bathymetry n. गाम्भीर्यमिति; सागरगाम्भीर्यमिति; जलकी गहराई नापनेका विज्ञान।

bathysphere n. गहरे समुद्रके निरीक्षणार्थ बड़ा गोला।

batik n. छपाई, बुने हुए कपड़ोंपर रंगीन खाके छापनेका विशेष ढंग (मूलतः जावाका)।

bating prep. एतद्भिन्न, छोड़कर, सिवा, बिना।

batiste १. n. महीन वस्त्र, किमरिख, मलमलकी भाँतिका वस्त्र; २. a. मलमली, महीन, महीन कपड़ेका।

batman n. सामान ढोनेवाले घोड़ेका साईस, नौकर।

baton n. लगुड, पद-सूचक दण्ड; सेनानायकका डंडा; (संगी०) बैंडमास्टरकी ताल देनेकी छड़ी; ढालका डंडा; २. v.t. डंडेसे मारना; ~ sinister राजाकी जारज सन्तानका बिल्ला।

bat-pay n. सामान ढोनेका भत्ता या किराया।

Batrachia n. pl. उभयचर-वर्ग, जल-स्थल-चर, मेढ़क।

batrachian १. n. ऐसे जानवर जिनकी पूँछ और गलफड़े झड़ जाते हैं; २. a. मेढ़कका, मेढ़ककी तरहका।

Batrachomyomachy n. भेकमूषकद्वन्द्व; एक कविता जो होमरकी कृति कही जाती है।

batswing n. निङ्गपक्ष, एक गैसका बर्नर जिसकी लौ चमगीदड़के परके समान होती है।

batta n. वेतनातिरिक्त प्रदत्त मुद्रा, भत्ता।

battalia n. व्यूढानीक, युद्धरत सेना, मैदानकी फौज।

battalion n. वाहिनी, महागुल्म, सैन्यदल; कर्नैलके अधीन सेनाभाग, पलटन; *God is for the big ~s* संघे शक्तिर्कलौ युगे, शक्ति विजयी होती है।

batteler n. अर्थकृच्छ्र छात्र, गरीब विद्यार्थी; ऑक्सफोर्ड-का निर्धन छात्र।

battels n. ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालयमें निवास एवं भोजन अथवा अन्य व्ययोंका लेखा या खाता।

batten[1] n. काष्ठखण्ड, कड़ीदार तख्ते, खड़ंजेपर लगानेका तख्ता; जामिन, किवाड़ेके तख्तोंको जोड़नेके लिए लगाई जानेवाली लकड़ीकी पट्टी; बिजलीके बल्बोंके लिए लकड़ीकी पट्टी; (नौवि०) पालको रगड़से बचानेके लिए लकड़ीकी पट्टी।

batten[2] n. रेशमी कपड़ेके करघेका डण्डा, करघेका डण्डा या पट्टी।

batten[3] v.t. काष्ठखण्ड द्वारा आबद्ध करना, (किसी वस्तुको) लकड़ीकी पट्टियोंसे पुष्ट करना; ~ *down* (नौवि०) जहाजके रन्ध्रद्वार बन्द करना।

batten[4] v.i. भोग-विलासमें जीवन-यापन करना, मौज करना; डटकर भोजन करना; आप्यायित होना, हृष्ट-पुष्ट होना, मोटा होना, फूलना।

battening n. (लकड़ीकी) पट्टी लगाना; तख्ता बाँधना।

batter[1] n. सीसेके छापेके अक्षरोंकी पट्टी (प्लेट) या टाइपका दोष; पिट्ठी, लपठी, नाना उपादानोंका मिश्रण (जिसे किसी पकवानके लिए फेंटकर या पीसकर बनाते हैं)।

batter[2] १. n. शंकु, ढाल, नीचे चौड़ी और ऊपर पतली (होना); २. v.i. कोण होना (दीवालोंका)।

batter[3] v.t. & i. जंघनन करना, चकनाचूर करना, ढहा देना, पीट-पीटकर तोड़ना, मार-मारकर गिरा देना; (छपाई) प्रयोग द्वारा (टाइपको) बिगाड़ना; (ला०) (सिद्धान्तों एवं पुरुषोंसे) कड़ा व्यवहार रखना; ~ *at the door* द्वारपर आक्रमण करना, बार-बार आक्रमण करना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(आग्नेयास्त्र) तोप आदिसे प्राचीर इत्यादिको तोड़नेकी चेष्टा करना, गोलाबारी करना।

battering train n. अस्त्रस्फोटिकाराजि, तोपोंकी पंक्ति।

battery n. (सैन्य०) दमदमा, तोपखाना, मोर्चा; (विभिन्न विज्ञानों एवं कलाओंमें) एकसे यन्त्रों, पात्रों इत्यादिका समूह; हथौड़ेसे ठोंके या गढ़े गये पीतल या ताँबेके पात्र: (कानून) संप्रहार, तगड़ी धौल-धप्पड़, मार-पीट (*assault & ~*); *turn a man's ~ against himself* (ला०) किसीके तर्कको उसीपर उलटना।

batting n. (क्रियागत अर्थोंमें); रूईकी पहल, तहबन्द रूई (रजाई, गद्देके लिए)।

battle[1] n. संघात, संयुध, संग्राम, संयोध, संख्य, युद्ध, रण, संघर्ष, लड़ाई; विजय, जीत *(the ~ is to the strong, youth is half the ~)*; ~-array संग्राम-व्यूह-रचना, युद्धकी व्यवस्था, व्यूह; ~-axe कुठार, परशु, फरसा; ~-cruiser सुयोधन, द्रुतगति और भारी तोपवाला जहाज; ~ cry युद्धनाद, लड़ाईका नारा; ~ dress संग्राम-वेष, लड़ाईकी पोशाक; ~-field संग्राम-क्षेत्र, युद्ध-क्षेत्र; ~-ground रणस्थली; ~-piece युद्ध-वर्णन या चित्र; ~plane रण-वायुयान, लड़ाईके हवाई जहाज, लड़ाकू जहाज; ~ royal महायुद्ध: ~-ship रणपोत, युद्धजलयान, लड़ाईमें काम आनेवाला जहाज; general's ~ युद्धकौशल एवं विद्या द्वारा निर्णीत होनेवाली लड़ाई; pitched ~ दोनों शत्रुओंमें जमकर लड़ी जानेवाली लड़ाई; soldier's ~ वीरतासे निर्णीत होनेवाला युद्ध; *line of ~-ship* ७४ अथवा उससे अधिक तोपोंसे सुसज्जित जहाज;

~ drill, ~ formation, ~ front, ~ practices, ~ range, ~ zone.

battle[2] v. i. संग्राम करना, संघर्ष करना, युद्धमें प्रवृत्त होना, युद्ध करना, सामना करना, लड़ना।

battledore n. धापी, बल्ला, कपड़ा धोनेकी मुंगरी; ताँतकी डोरीसे मढ़ा हुआ (जालीदार) हल्का बल्ला (जो बैडमिंटनकेसे एक खेलमें प्रयुक्त होता है)।

battlement n. (प्रायः बहु० में) दाँतेदार किलेकी दीवार, मोर्चेवाली दीवार, किलेकी चहारदीवारी (जिसमें गोली चलानेके लिए छेद बने हों); चहारदीवारी और उससे आवेष्टित छत।

battlemented a. दाँतेदार प्राचीरसे परिवेष्टित, मोर्चेवाली।

battology n. पौनःपौन्य, पुनरावृत्ति, असकृदाशंसन, बिना जरूरत किसी बातको बार-बार दुहराना।

battue n. अनुहनन, पर्याखेट, हाँका देकर शिकार मारना।

batty a. विक्षिप्त; निर्बुद्धि; निर्झवत्, चमगादड़ जैसा।

bauble, bawble n. अल्पमूल्याभरण, अल्प मूल्यके आभूषण, सस्ते भड़कीले जेवर; घटिया वस्तु, खिलौना; राजाके विदूषक (मसखरे, भाँड़)का चिह्न विशेष।

baudekin n. चन्द्रातप, सिंहासन या वेदीपरका चँदोवा।

baulk n. अहल्या, बिना जोती हुई जमीन; प्रत्यवाय, व्यत्यास, रुकावट, विघ्न-बाधा।

bauxite n. (खनिज०) एलूमिनियमवाली मिट्टी।

bavin n. काष्ठिका, इन्धन, सूखी हुई लकड़ियाँ।

bawbee n. (स्कॉच) अधन्ना, आधी पेनी; = BAUBLE.

bawd n. उपस्त्री, रखेल; शंभली, दूती, कुट्टिनी, कुटनी; वीथिचारिणी, रात्रिचारिणी, वेश्या; अश्लील कथन।

bawdiness n. अश्लीलता, अश्लील कथन।

bawdy n. & a. अश्लील, कुत्सित, फूहड़ (बात, कथन); ~ house वेश्यालय, चकला, कुट्टिनी-गृह, कुटनी-घर।

bawl v.t. & i. चीत्कार करना, चीखकर या झल्लाकर कहना या बोलना, चिल्लाना, पुकारना, बरस पड़ना।

bawled ⊙ a. कथित, कहा हुआ, कहा गया।

bawley n. मत्स्य-नौ, मछलियाँ पकड़नेके लिए छोटी नाव।

bawn n. पशु-व्रज; दुर्गका प्रांगण-स्थल।

bay[1] n. (बहु० में) जयमाला, विजयमुकुट, कवि या वीरके लिए 'बे'की पत्तियोंकी माला; तेजपात या तेजपात जातिका 'लारल' वृक्ष, एक प्रकारका वृक्ष या झाड़ी, वृक्षविशेष; ~ antler द्वितीय शृंगशाखा; ~-backed shrike पंच-वर्णक लटूपक; ~berry पश्चिमी भारतीय द्वीप-समूहोंका एक वृक्ष; ~-rum 'बे'की पत्तियोंका सुगन्धित आसव।

bay[2] n. समुद्र-कुक्षि, उपसमुद्र, खात, खाड़ी; पर्वतश्रेणीका खाँचा; खण्डक।

bay[3] n. (सैन्य०) खाई(में चलने)का मार्ग; रेलवे लाइनके आरम्भमें या अन्तमें प्लेटफार्म (जो एक ओर बन्द हो और दूसरी ओर खुला हो); दो पुश्तों या दो खम्भोंके बीचका एक स्थान, दीवालका खाँचा; ~-window बरोठेदार खिड़की, उभड़ी हुई खिड़की।

bay[4] n. कुत्तेकी चीत्कार, भौं-भौं, शिकारी कुत्तोंका भूँकना; *stand* or *be at, turn to, hold hounds* etc. *at*, ~ पलटकर लड़नेको उद्यत होना, शत्रुका सामना करना।

bay[5] v.t. & i. (शिकारी कुत्तोंका) चीत्कार करना, भौंकना; (किसीपर) भूकना।

bay[6] n. & a. कुम्मैत, लाखके रंगका (घोड़ा)।

bayadere n. नृत्य-बाला, नर्तकी, पतुरिया, बेड़िन।

Bayard n. अति द्रुतगामी अश्वः वीर, सूरमा।

bayonet[1] n. अग्रशूल, किरिच, संगीन, छोटी तलवार; ~-catch कुंडा (जिसके साथ बन्दूकमें संगीन लगायी जाती है); Spanish ~ कुमुदिनीके प्रकारका पौधा: *the ~ or ~s* सेना: (पूर्वस्थित संख्याके साथ) इतने पदाति, पैदल।

bayonet[2] v.t. संगीन द्वारा आघात करना, संगीन भोंकना, संगीनसे मारना: ~ *into* सैन्यबल द्वारा (ला० दबाव द्वारा) अधीन करना, विवश करना।

bayou n. कुंडल-कासार; नदी-शाखा, उत्तरी अमेरिकाके दक्षिणी भागकी नदीकी दलदली शाखा।

bay-salt n. कुक्षिलवण, वाष्पीकरण द्वारा प्राप्त नमक, समुद्री नमक।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

bdellium n. गुग्गुल; गुग्गुलका वृक्ष ।

be* v. होना* *(there is a God)*; वर्तमान होना, किसी स्थानमें होना *(is in the garden)*; रहना, जारी होना *(let it ~)*; व्यस्त होना *(what are you at)*; किसी अवस्थामें होना *(how is he)*; हो आना *(he has been to Rome)*; पक्षमें होना *(I am for tariff reform)*; जानेको प्रवृत्त होना *(I am for London)*; आना-जाना *(has anyone been)*; आ पड़ना *(woe is me)*; (कर्मवाच्यमें) जाना *(this is done)*; (कर्तव्य, आशय या सम्भावना) होना *(I am to inform you)*; ~ all निचोड़, सबकुछ; ~ off दूर हो, हटो, चलो; *may* ~ स्यात्, शायद; *would-~* भावी, होनेवाला ।

beach[1] n. पुलिन, समुद्रसैकत, बालू-तट, बालू-कंकड़वाला समुद्र-तट; बालू, बटियाँ, कंकड़, कंकर; ज्वार-भाटाके मध्य देख पड़नेवाला तट; ~-comber समुद्र-तटपर फिरनेवाला आवारा; प्रशान्त महासागरके द्वीपों इत्यादिका गोरा मनुष्य; ~-head पुलिन पदाधार, समुद्र-तटपर सुरक्षित स्थिति; ~-master वेलाधिदर्शक, सेनाके तटपर उतरनेकी देख-भाल करनेवाला अफसर; ~-rest समुद्र तटपर बैठनेके लिए पीठकी टेक या कुर्सी (टिकनी, अड़काव);
~ flea, ~ forest, ~ grass, ~ umbrella, ~ wormwood.

beach[2] v.t. किनारेपर लंगर डालना, (नाव, जहाजको) किनारेपर चढ़ाना, किनारेपर (जहाज) लगाना, जहाजको किनारे खींचना ।

beached a. वेलायित, किनारा या तीर बनाये हुए; वेलापन्न, तटगत, तीरपर पहुँचा हुआ ।

beacon[1] n. उज्ज्ञप्ति, चिह्न, मार्गदर्शक या प्रबोधक, चेतावनी; द्योतन; पथ-प्रकाश, आकाश-दीप, दीप-स्तम्भ, प्रकाश-गृह; सिग्नल-स्टेशन; खम्भे या पहाड़ीपर स्थित सांकेतिक अग्नि; प्रत्यक्ष पहाड़ी (नामोंमें) ।

beacon[2] v.t. विपदका संवाद ज्ञापन करना; प्रकाश-स्तम्भ (जिलेमें) स्थापित करना, प्रकाशस्तम्भ लगाना; आलोकित करना, प्रकाश देना, प्रकाश दिखलाना, मार्ग प्रदर्शित करना ।

bead[1] n. मनका, गुटिका, गुटका, गुरिया, मालाका दाना; अलंकारके हेतु प्रयुक्त गुरिया; बुलबुला, तरल पदार्थकी बूँद; (स्था०) गुरियाके क्रमकी भाँति कारनिसदार सजावट या अर्धवृत्ताकार ठप्पे, मोहरा; बन्दूककी मक्खी; (मूलतः) प्रार्थना (स्तोत्र), उपासना, विनती; ~-roll नामोंकी तालिका, लम्बा क्रम; ~sman भिखारी; उपकारीके हेतु प्रार्थना करनेको बाध्य; पेंशन पानेवाला; *draw a ~ on* लक्ष्य करना, निशाना बाँधना; *tell one's ~s* माला जपना ।

bead[2] v.t. & i. मनके डालना, गुरिया पिरोना, लड़ी बनाना, गूँथना ।

beaded a. ग्रथित, गुरियाकी तरह गुँथा हुआ ।

beadhouse a. प्रार्थना-शाला, भजन-भवन, भजन-भाव करनेका निवास ।

beading n. (क्रियागत अर्थोंमें) गुरियाकी भाँतिकी छँटाई, गुरियादार कार्निस ।

beadle n. न्यायालय-दूत, धर्माधिकरणका दूत; पादरीके प्रदेशका गृहस्थों द्वारा नियुक्त अधिकारी, जमादार; किसी व्यवसाय-संघ या कम्पनीका नौकर, चपरासी, कारिन्दा ।

beadledom n. अनौपचारिकता, अनावश्यक तत्परता, मूर्खतापूर्ण अनुचित हस्तक्षेप ।

beadswoman n. अर्थिप्रार्थिनी, पुजारिन, दूसरोंके लिए पूजा-पाठ करनेवाली स्त्री (जिनसे कि उसे रुपया मिलता है) ।

beady a. गुटिकासदृश, छोटे और चमकदार (नेत्र); गुरिया या बूँदोंसे आच्छादित ।

beagle n. पियादा; गुप्तचर, जासूस; रहस्यभेदक कुत्ता, शिकारी कुत्ता, खोजी कुत्ता, खरगोशके शिकारके हेतु प्रयुक्त सबसे छोटा अँग्रेजी कुत्ता ।

beagling n. कुत्तोंके साथ शिकार करना ।

beak[1] n. चंचु, चोंच, टोंट; प्राचीन युद्धपोतकी निकली हुई चोंच; टोंटी; थूथनी; तोतेकी-सी नाक; टेढ़ी नाक; तीक्ष्णाग्र पदार्थ ।

beak[2] n. (ग्रा०) दण्डनायक, मजिस्ट्रेट; अध्यापक, मास्टर ।

beaker n. पानपात्र, मधुपानका बड़ा प्याला, गिलास, बीकर; चंचुकी; थरिया, टोंटीदार गिलास और कटोरा (रासायनिक परीक्षाके लिए) ।

beam[1] n. (करघेका) तीर, तुर; दण्ड, तुलादण्ड, तराजूकी डण्डी; (हलका) हरिस; (काठकी) धरणी, बल्ली, कड़ी, धरन, बड़ेर, शहतीर; लंगर-दण्ड; तुलाय, इंजिनके धुरेको पिस्टनसे जोड़नेवाला उत्तोलन-दण्ड (लीवर); एक दूसरेको काटते हुए (पड़े हुए) शहतीर; रश्मिमाला, विद्युत्-विकिरण, किरण; जहाजकी चौड़ाई; गाड़ीका धुरा; कान्ति, स्मिति, मुस्कान, दमक (चेहरेकी); ~ engine वाष्प-यन्त्र, (एक प्रकारका इंजिन जिसमें सलाख लगी होती है); ~ system (बेतारके तारमें) किरणविकिरण द्वारा सन्देश प्रेषणका ढंग; *kick the ~* हल्का सिद्ध होना, हार जाना; *on her ~-ends* (जहाजका) एक ओर झुकाव, उलार; *on one's ~-ends* विपदामें, दुरवस्थामें, संकटमें, कंगालीमें;
~ scales, ~ ticket.

beam[2] v.t. & i. प्रसन्न होना, मुस्कराना; दमकना, चमकना, जगमगाना (प्यार, प्रकाश आदिसे); ज्योति विकिरण करना, प्रकाश डालना ।

beam-compass n. दण्ड-कर्कट, वृत्त-रचनाका यन्त्रविशेष ।

beaming a. आनन्दमग्न, प्रकाशमान्, दमकता, मुस्कराता हुआ ।

beamless a. रश्मिरहित, निष्किरण; न चमकनेवाला ।

beamy a. उज्ज्वल, प्रकाशित, प्रकाशमान्, देदीप्यमान्, चमकदार (क्वचित्); (का०, बरछी आदि) विशाल, वृहत्, बहुत बड़ा; चौड़ा (जहाज) ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

bean n. शिम्बी, सेम, छीमी, बरबटी, बोड़ा, लोबिया (इस जातिके पौधे); उसी प्रकारके बीज (दूसरे पौधोंके); (आ०) सिक्का; *full of ~s* or *~-fed* उत्साहपूर्ण, प्रसन्न, उत्तेजनामें; *give one ~s* (आ०) कड़ा बर्ताव करना, दण्ड देना, डाँटना, फटकारना; *I haven't a ~* (आ०) बिल्कुल खाली हाथ हूँ, मेरे पास एक भी सिक्का (पैसा) नहीं है।

bean-feast n. (आ०) उत्सव, त्योहार; खेलकूद; मजदूरोंको दिया हुआ वार्षिक भोज (मालिक द्वारा)।

beanfed a. समुल्लसित, परम हर्षित, उत्तेजनापूर्ण।

beano n. आनन्दोत्सव; आमोद-भोज।

bear[1] n. ऋक्ष, रीछ, भालू; अशिष्ट या रूखा मनुष्य; मूल्यपाती, मन्दीवाला, मन्दीका अनुमान करनेवाला, सट्टेबाज, सट्टा करनेवाला; छेद काटनेकी भारी मशीन; *~ garden* कोलाहलका दृश्य; *~'s grease* सुगन्धित तैल; *~-leader* भ्रमणशील शिक्षक, फिरनेवाला शिक्षक;

~-animal, ~-berry, ~-cat, ~ cub, ~ dog.

bear[2] n. सट्टा, सट्टेबाजी; (सरकारी हुण्डीके क्रयविक्रयमें) भावकी गिरानी, भाव गिरानेकी चेष्टा।

bear[3] v.t. & i. वहन करना, धारण करना, अन्तरमें रखना; मार सहना; उठाकर ले जाना, ढोना (का०, औप०) उठाना, ले जाना; किसी वस्तुमें किसी चिह्न इत्यादिका होना या दिखाना, देना; व्यवहार करना; उपयुक्त होना (*his language won't ~ repeating*); उत्तरदायित्व या भार सहना, सहारना; भार डालना; खरा उतरना (परीक्षामें); प्रयत्न करना; ढकेलना; उत्पन्न करना, जनना, जन्म देना (*has borne a child*); उपजाना, फलना; *~ a hand* सहायता देना; *~ a part (portion) in* सम्मिलित होना, भाग लेना; *~ down* पछाड़ना, हराना, पटकना; *~ hard on* सताना, किसीपर कड़ाई करना; *~ in mind* स्मरण रखना, याद रखना; *~ oneself well* अच्छा व्यवहार करना, उचित रूपसे काम लेना; *~ out* प्रमाणित करना; किसीको उत्तर देना; *~ to the right, away, off* किसी ओर झुकना, रुख करना; *~ up* (जहाजको) झंझावात या तेज हवासे दूर रखना; *~ up for* (जहाजकी) दिशा परिवर्तित करना, मोड़ना, रुख बदलना; *~ upon* सम्बन्धमें होना; सम्बन्ध रखना; *~ with* काटना, गुजर करना; *bring to ~* काममें लाना; *is borne in upon* one हृदयमें समा गया है, दिलमें बस गया है; *~ company* v.t. सम्पर्क रखना, संगतिमें रहना, साथ देना; *~ fruit* v. i. सफल होना; *~ name* v. नाम धारण करना; *~ witness* v. साक्ष्य देना।

bearable a. वहन योग्य, सहने योग्य।

beard[1] n. श्मश्रु, कूर्चक, कूर्च, दाढ़िका, दाढ़ी, ठोढ़ीके बालोंका गुच्छा (बकरे इत्यादि जानवरोंका); सीप या घोंघा आदिकी मूँछें; मछलियोंकी गलमूँछें (गलमुच्छे); चिड़ियोंकी चोंचके काँटे, कड़े बाल; शूक, घासोंकी बाल।

beard[2] v.t. दाढ़ी रखना; दाढ़ी पकड़ना या खींचना; समक्षमें अवज्ञा करना, खुलकर सामना करना, चुनौती देना, खुलेआम विरोध करना, ललकारना, भिड़ना; *~ the lion in his den* शेरको उसकी माँदपर ललकारना, किसीको उसके घरपर डाँट-डपट करना।

bearded a. श्मश्रुल, कूर्चित, कूर्चिल, कूर्चधर, दढ़ियल, दाढ़ीवाला; रेशेदार।

beardless a. दाढ़ीहीन, दाढ़ीरहित।

beardlessness n. बेरेशापन।

bearer n. वाहक, बैरा, ले जानेवाला; (भारत) पालकी (शिविका)-वाहक, अनुचर, भृत्य, दूत, सेवक, कहार; अंगरक्षक; चिट या चेक आदि ले जानेवाला; फलदार पेड़, फलनेवाला पौधा आदि; *~ company* (सेना०) रणक्षेत्रके घायलोंको ले जानेवाले और सेवा करनेवालोंकी संगठित टुकड़ी;

~ bond, ~ cheque, ~ debenture, ~ security.

bearing n. (क्रियागत अर्थोंमें) आचरण, व्यवहार, ढंग, बर्ताव; राजदूतीय भार या उपाय; अभिप्राय; क्षित्यंश, धारुक, दिङ्मान, दिशा, आपेक्षिक स्थिति; वियरिङ्ग, कलके भाग; आकार, रूप, सम्बन्ध (*consider it in all its ~s*);

~ age, ~ area, ~ charges, ~ friction, ~ interest, ~ plate, ~ pressure, ~ surface.

bearish a. रीछ-सा; अशिष्ट, भद्दा, फूहड़।

bearishness n. रीछपन, रीछकी-सी प्रकृति।

bearskin n. ऋक्ष-त्वक्, भल्लूक चर्म, भालूका चमड़ा।

beast n. चतुष्पद, चौपाया, पशु, जानवर; (कृषि०) गाय, बैल; धुरीण, गाड़ी खींचने एवं भार वहन करनेके हेतु प्रयुक्त पशु; घृणित मनुष्य; नरपशु, जंगली; The B~ ईसामसीहका शत्रु; the *~* पशुशीलता, मानवमें पशुता।

beastings n. pl. कुक्षीर, पेंवस (ब्यानेके बाद गाय-भैंसका पहले दिनका दूध)।

beastliness n. अश्लीलता, असभ्यता; मदिरापान; मत्तता; अरुचिकर भोजन या पेय; पशुप्रकृति, लोलुपता, पेटूपन, भुक्खड़पन।

beastly[1] a. जघन्य, पशुतुल्य, पशुवत्, पशुशील; गन्दा, भद्दा; अनिच्छित, अनुचित।

beastly[2] adv. (आ०) अत्यन्त, बहुत; भयानक रूपमें।

beat[1] n. ध्वनि या चोटका परिमापित क्रम; बैण्डमास्टरके दण्डकी गति; ढोल पीटकर दिया हुआ संकेत, ढोलपर चोट; स्पन्दन, स्फुरण, फड़कन; सिपाहीका परिसरण, फेरी, गश्त, इलाका, रौंड; दौरा; खिलाड़ीका क्षेत्र; (pl.) संकर; कूद-फाँद, उछल-कूद, फुदकन; वेईमान ग्राहक ⊙।

beat[2] v.t. & i. प्रघात करना, बारम्बार आघात करना, प्रहार करना, घूँसे मारना, पड़ना (धूप, वर्षा या वायुका); आजंघनन करना, आहनन करना; कुचलना, कूटना;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

व्यग्र करना; पराजित करना, लाँघना, हराना, मात करना; (पंख) फड़फड़ाना; (ढोल) धपधपाना, बजाना; धड़कना (*heart ~s*); बदलना, ढकेलना, हाँकना; कूद-फाँद करना, उछलकूद करना, फुदकना ⊙; ~ *about the bush* बेतुकी हाँकना, घुमा-फिराकर बातें करना, हिरा-फिराकर बातें करना; ~ *a parley* शर्तें प्रस्तुत करना; ~ *a retreat* रण छोड़ना, पीछे हटना; ~ *black and blue* पीटते-पीटते नीला डाल देना, पीट-पीटकर शरीरपर निशान कर देना; ~ *down* पटक देना; कुचल देना; मूल्य कम करवा देना; ~ *hollow* व्यग्र करना, विक्षोभ उत्पन्न करना; ~ *one's brain* माथा पच्ची करना, सिर खपाना; ~ *the air* व्यर्थ प्रयत्न करना; ~ *the bounds* सीमा निर्धारित करना; ~ *the breast* छाती पीटना, अत्यन्त दुःख मनाना; ~ *time* ताल देना; ~ *up* or *about* (नौवि०) जहाजको हवाके विरुद्ध ले जाना, जहाज मोड़ना; ~ *up the quarters of* मिलनेके लिए जाना।

beaten a. (क्रियागत अर्थोंमें) सामान्य, साधारण; जीर्ण, पुराना, घिसा-पिटा, घिसा हुआ; हथौड़ेसे पीटकर निर्मित; आघात या पददलन द्वारा कठिनीकृत; पराजित, थका-हारा, चूर, मात; ~ path रूढ़ि, गतानुगतिक मार्ग, परम्पराश्रयी पथ।

beater n. (क्रियागत अर्थोंमें) आहनक, ताड़क; हँकुआ, हाँका करनेवाला, शिकारको उठानेवाला; पेषण-यन्त्र, थापी, मूसल, मोगरी, धुरमुस, दुरमिच।

beatific a. मंगलदायक, शुभ, सुखकर, आनन्ददायक, धन्यकर, अतिशय सुखद।

beatification n. अपवर्ग, मोक्षप्राप्ति, मोक्षदान, स्वर्ग-भोग, परमानन्द; (रोमन कैथॉलिक गिरजाघरकी) घोषणा कि मृत परमसुखमें है।

beatify v.t. आनन्दित करना, परमानन्द देना, धन्य करना, सुखी करना; (ईसाई धर्ममें) 'मृत परमसुखमें है' इसकी घोषणा करना।

beating n. (क्रियागत अर्थोंमें) प्रहार या आघात द्वारा दण्डदान; दण्ड, फटकार, मार, पिटाई; पराजय, हार।

beatitude n. कैवल्य, निर्वाण, मोक्ष, मुक्ति, परमगति, स्वर्गसुख, परमसुख, परमानन्द; (बहु०) ईसाका आशी-र्वचन, ईसामसीहके प्रवचनमें मोक्षका शुभ सन्देश।

beau n. (pl ~-*x*) प्रणयी, वल्लभ, प्रेमी; सुवेश, बाँका, छैला, अलबेला, ठाट-बाटसे रहनेवाला।

beau-ideal n. काल्पनिक उत्कर्षका आदर्श, शोभा या सुन्दरताका सर्वोच्च आदर्श।

beauish a. छैल-छबीला, रंग-रँगीला, रसिक।

beaujolais n. अरुणमद, लाल मदिरा; फ्रांसकी एक खास शराब।

beau-monde n. चारुपरिवेशधारी व्यक्तियोंकी भद्र मण्डली, शौकीन लोगोंका समाज।

Beaune n. (बर्गण्डीकी) लाल मदिरा।

beauteous a. (का०) सुश्री, रमणीय, मनोहर, सुन्दर, सुघड़, खूबसूरत।

beautician n. शृंगारकेन्द्र चलानेवाला ⊙।

beautifier n. सिंगारिया, सिंगार करनेवाला, अलंकृत करनेवाला, सुन्दरता बढ़ानेवाला।

beautiful* a. रमणीय, शोभन, मनोहर, कर्णप्रिय या चक्षुप्रिय, रूपवन्त, सुन्दर* (~ *face*); बौद्धिक अथवा नैतिक रूपसे मनोज्ञ, आकर्षक, तोषदायक, प्रभावोत्पादक (~ *patience*)।

beautify v.t. शोभित करना, विभूषित करना, अलंकृत करना, सिंगारना, सजाना, सुन्दर बनाना।

beauty n. लावण्य, मनोज्ञता, मनोहरता, रमणीयता, श्री, चारुता, सौंदर्य, सुगठन, कान्ति, रूप, शोभा, खूबसूरती; विशेषता, सुन्दर गुण; परी, सुन्दरी, अति सुन्दर स्त्री; ~ parlour (मूलतः ⊙) शृंगारकला-केन्द्र, अंगराग, उबटन आदिकी दूकान; ~ sleep प्रथम रात्रिकी निद्रा, आधी रातसे पूर्व या पहले पहरकी नींद; ~ spot तिल, वदन-मण्डलके ऊपर अंकित सौन्दर्यवर्धक चिह्न, चेहरेका रूप बढ़ानेवाला टीका या बिन्दी; अति सुन्दर दृश्य; ~ *is blossom* हुस्न दो दिनका मेहमान है; ~ *is but skin deep* आकृतिसे सौन्दर्यका पता नहीं चलता; ~ *requires no paint* नहीं रहती वहाँ खूबी जहाँ हशमतमें आया दाग।

beaver[1] n. ऊदबिलाव, बनबिलाव, बीवर; ऊदबिलावके बाल; उसके बालकी टोपी।

beaver[2] n. शिरस्त्राणका अग्रभाग, झिलम, अंग्रेजी टोपीका छज्जा।

beaverteen n. तूल-वस्त्र विशेष (एक तरहका सूती कपड़ा)।

bebeerin n. विज्वरिवत्, कुनेनकी जैसी गुणवती वस्तु।

becall v.t. अपशब्द कहना, गाली देना।

becalm v.t. (आगे चलनेसे) रोकना, ठहराना, थामना; (समुद्र आदिको) शमन करना, शान्त करना, चुप करना; (जहाजकी हवा) स्थिर करना, बन्द करना।

became v. i. (p.t. of BECOME) हुआ; घटित; उपयुक्त हो गया।

because* adv. & conj. यतः, क्योंकि*, इस कारणसे कि; इसलिए कि, यहाँतक कि।

beccafico n. (pl. ~*os*) इटलीमें खाया जानेवाला एक मौसमी पक्षी।

bechamel n. एक प्रकारका श्वेत चाट या चटनी।

bechance v.t. आनुषंगिकतया घटित होना, दैवतः आ पड़ना, यों ही अचानक हो जाना।

becharm v.t. सम्मोहित करना, मुग्ध करना।

beck[1] n. क्षुद्र नदी, झरना, पहाड़ी नाला (उत्तरी शब्द)।

beck[2] n. अभिप्रायपूर्ण संकेत, इंगित, इशारा; आदेश; *have at* one's ~ आदेशानुसार या इशारेपर चलना; *be at* person's ~ *and call* किसीकी आज्ञामें रहना, इशारेपर चलना।

beck[3] v.t. & i. संकेत करना, इशारा करना; (का०)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

मूकभाषामें कहना।

becket n. (नौवि०) जहाजमें रस्सी आदि अटकानेका अँकुड़ा, खूँटी, हुक।

beckon v.t. & i. (किसी व्यक्तिको) इंगित करना, संकेत या इशारा करना; इंगित द्वारा बुलाना, संकेत द्वारा ध्यान आकर्षित करना, संकेतसे बुलाना।

becloud v.t. निष्प्रभ करना, अस्पष्ट बनाना, अँधेरा करना, परदा डालना; मेघाच्छन्न करना, छिपा देना, बादलोंसे ढँकना।

become v.t. & i. योग्य करना, परिणत होना, घटना, बन जाना, हो जाना (*what has ~ of him* उसे क्या हो गया है); सज्जित करना, सुन्दर लगना, ठीक पड़ना, फबना।

becoming a. अनुरूप, उपयुक्त, उचित, सुहावना।

becomingly adv. यथोचित, उचित रूपसे।

becomingness n. औचित्य, अनुरूपता।

Becquerel rays n. रेडियो-सक्रिय पदार्थोंसे निकलनेवाली किरणें (जिन्हें अब *alpha, beta, gama rays* कहते हैं)।

bed[1]* n. शय्या, पलंग, खाट, खटोला, चारपाई; बिस्तर, बिछौना; बिछौने समेत पलंग; पुआली, पशुका विश्राम-स्थान; बिछौनेमें होना; बेंतवाला दलदल; समुद्र या नदीका तल, नितल, तलभाग, भूमि, पेंदा; क्यारी; चपटा आधार, तला; सड़क या रेलवेका नितल, स्थापन, नींव; तह; परत; तोपगाड़ीका केन्द्रीय भाग; बिलियर्डके डेस्कका फलक या स्लेट; सम्भोगाधिकार; *~ and abroad* गृहस्थी; वैवाहिक सम्बन्ध; भोज, ज्योनार, जलपान, खाना पीना; *~ bug* ⊙ मत्कुण, खटमल, उड़स; *~chamber* शयनागार, सोनेके लिए कमरा; *~-cloth* शय्या-पट, सोनेके लिए कपड़े; *~-key* चारपाईके सिरा-पाटी खोलनेका औजार; *~-lift* रोगीको बैठाकर उठा ले जानेका यन्त्र; *~maker* आक्सफोर्ड, कैम्ब्रिजके कालिजोंका अनुचर या अनुचरी; *~pan* रुक्-शौचनी, रोगीके कमरेके बर्तन (मूत्रादिके लिए प्रयुक्त); *~-plate* तल-पाट, मशीनोंका तला; *~post* पलंगके पाये, पावे; *~ presser* (व्यंग) तन्द्रिल, निद्रालु, बिस्तरपर पड़ा रहनेवाला आलसी; *~-rid(-den)* रुग्ण, अपाहज, (दुर्बलताके कारण) चारपाईपर पड़ा हुआ; *~-rock* शिलान्त, अश्माधार, नदीकी मिट्टीके नीचेकी चट्टान; (ला०) मूल सिद्धान्त; अधोगत मूल्य, गिरा हुआ भाव ⊙; *~-sore* शय्याव्रण (शय्यामें अधिक पड़े रहनेकी वजहसे उत्पन्न हो जानेवाला घाव या फोड़ा); *~spread* पलंग-पोश; *~stead* पलंग, चारपाई; *~straw* (गद्देमें भरनेके काम आनेवाली एक प्रकारकी) घास; *~-swerver* शय्यासंयमी, व्यभिचारी; *~-table* शयनाधारिका, सोनेके लिए बनी मेज; *~-time* शयन-समय, सोनेका वक्त; *~ tick* मुलायम परोंका गद्दा; *~ward* adv. शयनोन्मुख, सोनेकी तरफ या सोनेके समय; *narrow ~* कब्र; *~ of down, flower, roses* वैभव, ऐश्वर्यका जीवन, सुखकी अवस्था; *between you and me and the ~ post* रहस्य, गुप्त रूपमें; *brought to ~* प्रसूतिमें; *die in ~* स्वाभाविक मृत्यु होना; *go to ~* शयन करना, आराम करना, बातें बन्द करना; *got out of ~ on wrong side* दिन-भर झल्लाया हुआ; *lie in the ~ one has made* कर्मोंका फल भोगना; *take to, keep, one's ~* अस्वस्थ होना, रोगी होना, बीमार पड़ना;

~fellow, ~ gown, ~ head ticket, ~ lamp, ~ level, ~ planting, ~ sheet, ~ spring, ~-staff, ~-licking cloth, ~-working.

bed[2] v.t. & i. बिस्तरपर सोना या सुलाना (का० या प्रा०) (केवल घोड़ोंके सम्बन्धमें); *~* अथवा *~ out* पौद लगाना; (किसी चीजमें) जमाना, ढाँकना, गाड़ना; तह लगाना या लगना, परत जमाना या जमना।

bedabble v.t. रक्त या गन्दे पानीसे धब्बा डालना, उसके बौछार या छींटेसे भिगोना, छींटे डालना, लथेरना, दाग लगाना।

bedad int. (अव्यय) शपथ खानेके अर्थमें या आश्चर्यके अर्थमें (जैसे, 'हे भगवान्!' 'राम-सौगन्ध', 'बाबा रे' आदि)।

bedaggle v.t. पंकिल बनाना, कीचड़में घसीटकर गन्दा करना।

bedarkened p.p. & a. तमसाच्छन्न, अन्धकारसे भरा।

bedash v.t. तरल-विरमण करना, किसी गीली चीजसे विराम लगाना।

bedaub v.t. ठाठका वस्त्र पहनना; लेप करना, रंग लगाना, रंग पोतना, रंग थोपना।

bedazzle v.t. प्रभा-व्यग्र करना; चौंधियाना।

bedder[1] n. (क्रियागत अर्थोंमें), फूलोंकी क्यारीके योग्य पौधा।

bedder[2] n. (प्रा०) (विश्वविद्यालयोंमें) शयनागार, शयनगृह, सोनेका कमरा।

bedding n. (क्रियागत अर्थोंमें), शय्योपकरण, शय्या, बिछौना, बिस्तर, बिस्तरा, चादर, तकिया आदि; पशुओंके विश्रामका स्थान; तलेकी परत; (भूगर्भ०) परत-परत, तहोंका अलगाव, तल।

bedeck v.t. अलंकृत करना, सुसज्जित करना, शोभित करना, सजाना, सँवारना।

bedel(l) n. प्रबन्धक, जमादार।

bedevil v.t. पिशाच या दानव कहकर पुकारना; पैशाचिक व्यवहार करना या गाली देना, बुरा-भला कहना; सब प्रकारसे विशृंखल करना, नष्ट करना, गड़बड़ करना, गड़बड़ाना; बिगाड़ना; जादू करना, भूत लगाना।

bedevilment n. भूतका अधिकार; व्यग्रता, व्याकुलता, पागल कर देनेवाला असह्य कष्ट।

bedew v.t. आर्द्र करना, ओससे गीला करना, छींटे देना, छींटोंसे सींचना, भिगोना।

bed-fellow n. शय्यासंगिनी या शय्यासंगी, (प्रायः) भार्या।

Bedfordshire n. शय्या, पलंग, बिस्तर; की ओर या बिस्तरकी ओर; *go to ~* शयन करना, सोना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

bedight v.t. (प्रा०) सज्जित या शोभित करना, क्रमसे रखना, बनाकर रखना, सजाना, सँवारना।

bedim v.t. अन्धकारमय करना, अस्पष्ट या धुँधला करना, मलिन करना (आँखें, मस्तिष्क)।

bedizen v.t. सुसज्जित करना, तड़क-भड़कसे सजाना, रंग-रंगीले कपड़े पहनाना।

bedlam n. उन्मत्तालय, उन्मत्त-निवास, बातुलालय, कोई पागलखाना; तुमुल स्थान, तुमुल, गुल-गपाड़ेका स्थान; पागलखानेकी भाँति प्रयुक्त सेन्ट मेरी ऑफ बेथलहॅम (Bethlehem) का अस्पताल।

bedlamism n. विक्षिप्तता, उन्माद।

bedlamite n. & a. उन्मत्त, बातुल, बावला, दीवाना, सिड़ी, पागल।

Bedouin n. & a. (अरब) मरुस्थलीय, भ्रमणशील, खानाबदोश; कंजर।

bedrabbled a. पंक-पंकिल, धूल-कीचड़से सना।

bedraggle v.t. कपड़ेको जमीनपर लटकने-घिसटनेसे लथेड़ना, गन्दा करना।

bedrench v.t. भिगोना, गीला करना।

beduck v.t. डुबकी दिलाना, पानीमें गोता देना।

bedwarf v.t. वामनीकरण करना, लघुकरण करना, छोटा बनाना, बौना करना।

bedye v.t. रंगना, धब्बा लगाना।

bee* १. n. शिलीमुख, षट्पद, भृंग, अलि, मधुकर, भ्रमर*, द्विरेफ, भौंरा; मधुमक्षी, मधुमक्खी*, शहदकी मक्खी; उसी प्रकारकी अन्य मक्खियाँ; कवि; व्यस्त व्यक्ति, उद्यमी पुरुष; (*spelling* ~) ⊙ उत्सव गोष्ठी, कार्यसभा; ~-bread मधुकर रजोन्न, फूलका पराग (मधुमक्खियोंका भोज); ~-eater दिव्यक, मधुकराश, मधुमक्खियोंको खानेवाला विदेशी पक्षियोंका प्रकार; ~-glue छत्रश्लेष, मधुमक्खियोंके छत्तेसे निकलनेवाला एक लसदार पदार्थ; ~ hawk मधुश्येन, मधुमक्खियोंका बाज; ~hive मधुच्छत्र, छत्ता; ~-line मधुकर मार्ग, मधुकर रेखा, मक्षिपन्थ, सीधी रेखा, बिलकुल सीधा रास्ता; ~-*master*, ~-*mistress* मधुपाल, शहदकी मक्खियाँ पालनेवाला या वाली; ~-milk राज्ञी भोजन, रॉयल जेली; ~-skep तिनकोंका छत्ता; ~swax मदन, मैन; मधुज, सिक्थ, मोम; २. (v.t.) मोमसे माँजना, मोम फेरना; *have a ~ in one's bonnet* सनक जाना; किसी बातकी धुन होना;

~ colony, ~-enemy, ~-escape, ~flower, ~-gloves, ~-gum, ~ hero, ~ house, ~ keeper, ~-keepers' co-operative society, ~-keeping, ~-keeping training class, ~-killer, ~-kite, ~-larva ~ louse, ~man ~ martin, ~ moth, ~ pasture, ~-space, ~-veil, ~-way.

beech n. करञ्ज, सफेदा, बीच; चिक्कणवल्क, चिकनी छाल और चमकदार पत्तियोंवाला जंगली ऊँचा वृक्षविशेष; इसकी लकड़ी; ~mast बीचका फल; ~ marten गिरिकरञ्ज, पहाड़ी 'बीच' पादप; ~-oil करञ्ज-तैल; 'बीच'का तेल।

beechen a. बीच लकड़ीका बना।

beef n. (pl. ~*ves*) गोमांस, गाय बैल या साँड़का मांस; (शा०) पेशी, पुट्ठा, शरीरका गठा हुआ भाग, कद; (प्रायः बहु०) बैल; ~-eater लंदन टावरका द्वारपाल; ~ tea गायके मांसका रोगियोंके हेतु जूस; ~-witted मन्दबुद्धि, बालिश, मूर्ख, दुर्विदग्ध, बेवकूफ, बुद्धू!

beefiness n. मांसलता, ठोसपन।

beefy a. गोमांसवत्, गोमांसकी भाँति; मांसिल, ठोस; पेशीयुक्त; हठी।

Beelzebub n. पिशाच, शैतान; दानव-विशिष्ट, इबलीस।

beer[1] n. प्रयविरा, यविरा, यवसुरा, यवमद्य, जौकी शराब; अन्य झागवाले पेय; ~ engine दूरसे मदिरा (खींच) लानेके लिए इंजन; ~ money पुरस्कार (अनुचरोंको शराब पीनेके लिए कहकर दिया जाता है); small ~ हलकी मदिरा; (ला०) छोटी-मोटी बातें या मामले; *think no small ~ of* किसीके सम्बन्धमें अच्छी राय होना, (किसीको) बहुत अच्छा समझना।

beer[2] n. तानेके धागोंका एक सिरा।

beery a. मदिरा-सम्बन्धी, मदिराकी भाँति।

beestings n. पेवस, पेवसी; प्रसवके बाद प्रथम दुग्ध।

beeswing n. पुरानी मदिराकी अवशिष्टि या तलछट।

beet n. पालंक, चुकन्दर; रसमय जड़वाले चुकन्दरकी भाँतिके दो पौधे।

beetle[1] १. n. मुद्गर, घन, दुरमुट, मूसल, हथौड़ा, मुँगरी (कुचलने, ठोंकने और चिकना करनेके हेतु प्रयुक्त यन्त्र); २. v.t. मुद्गर द्वारा आघात करना, मूसल या मुंगरीसे पीटना; ~-brain मूर्ख, बुद्धिहीन मनुष्य, औंधी खोपड़ी, बुद्धू।

beetle[2] n. भृंग, गुबरैला, भौंरेका-सा कीड़ा; अल्पदृष्टि-व्यक्ति, थोड़ी दूरतक देखनेमें समर्थ मनुष्य (~-*eyed*); ~-crusher बड़ा जूता या पैर।

beetle[3] v.i. प्रलम्बमान होना, आगेको झुका होना (भौहों, चट्टानोंका); सिरपर मँड़राना (भाग्य आदिका)।

beetle[4] a. सामने निकली हुई घनी, उभरी हुई भवें (~ *brows*)।

beetling n. & a. कुण्डन; अधोनत; आकर्षक; उभरा हुआ।

befall v.t. & i. उपस्थित होना, संघटित होना, घटना, आ पड़ना, बीतना, होना (व्यक्तिपर)।

befit v.t. उपयुक्त करना, उपयोगी होना, योग्य होना, ठीक होना, सजना, फबना; उचित होना, सही होना; आश्रित या जिम्मे होना।

befitting a. उपयुक्त, उचित, ठीक।

befog v.t. (**-gg-**) कुज्झटिकाच्छन्न करना, कुहरेमें ढाँपना, धुँधला देना; विह्वल करना।

befool v.t. भ्रममें डालना, धोखा देना, उल्लू बनाना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

मूर्ख बनाना, बनाना, ठगना।

before* adv., prep. & conj. पूर्व, पहिले* (*~ Christ*); आगे (*~ and behind*); समक्ष, सामने (*appear ~ judge*); भविष्यकी घटनासे पहले; अधिक दूर (आगे); प्रभावमें, शक्तिके सामने (*~ the wind*); प्रतीक्षामें (*world all ~ them*); की अपेक्षा (*would die ~ lying*); *~ God* जब कि भगवान् देखता है; *~ -mentioned* पूर्वोक्त, पहले कहे हुए।

beforehand adv. आशामें, प्रथमेव, पहलेसे ही; *be ~ with* पहले करना, पहलेसे जान लेना; *~ with the world* पासमें पैसे होना।

befoul v.t. (ला०) कलुषित करना, दूषित करना, भ्रष्ट करना, मलिन करना, मैला करना, गन्दा करना, खराब करना।

befriend v.t. मित्रवत् आचरण करना, अनुग्रह करना, अनुगृहीत करना, कृपा करना, सहायता करना, लाभ पहुँचाना, साथ देना।

befringe v.t. झालरोंसे अलंकृत करना।

beg v.t. & i. भिक्षा माँगना; भिक्षापर निर्वाह करना; भीखके लिए प्रार्थना करना, विनती करना; निवेदन करना, आज्ञा चाहना, विनयपूर्वक माँगना, गिड़गिड़ाना; (कुत्तेके सम्बन्धमें) (प्रार्थनाके तौरपर) अगले पैर उठाना; *~ off* क्षमा दिलवाना, दण्ड छुड़वाना; *~ the question* वाद-विवादमें किसी सत्यको मान लेना; *go (a) ~-ging* (किसी पद, स्थान, अवसरके लिए) प्रार्थी या उम्मीदवार होना।

begad int. ईश्वरकी शपथ, भगवान्‌की सौंह, प्रमाणमें मेरे ईश्वर हैं।

began p.t. of BEGIN. प्रारब्ध, शुरू हुआ।

begem v.t. रत्नमण्डित करना, मणियों या रत्नोंसे अलंकृत करना, आभूषित करना, सुसज्जित करना।

beget v.t. प्रजनन करना, प्रसव करना, उत्पन्न करना, जन्म देना, जनना, पैदा करना।

begetter n. जनक, पैदा करनेवाला।

beggar[1] n. भिक्षुक, भिक्षाजीवी, भिखारी, भिक्षापर निर्वाह करनेवाला, भिखमगा, फकीर; निर्धन पुरुष या स्त्री; (तिरस्कारमें) आदमी; *a good ~* मनुष्य (जिसे दानके हेतु चन्दा उतारनेका अच्छा ढंग मालूम हो); *~s must not be choosers* भीख और पछोर, दानकी बछियाके दाँत नहीं देखे जाते, भिक्षुकको जो मिले ले लेना चाहिए।

beggar[2] v.t. कंगाल कर देना, सब कुछ हर लेना, भीख मँगवा देना; मौन करा देना, मात करना (*~ description*); *~-my-neighbour* ताशका एक खेल।

beggarliness n. निर्धनता, कंगाली; भिक्षुक वृत्ति, भिखारीकी दशा।

beggarly a. निर्धन, दरिद्र, दीन, कंगाल; कृपण, अपकृष्ट, अधम, नीच; दरिद्रबुद्धि, मन्दबुद्धि।

beggary n. भिक्षुककी वृत्ति, भीख; दारिद्र्य, दरिद्रता, मोहताजी।

begin v.t. &. i सूत्रपात करना, प्रवृत्त होना, प्रारम्भ करना या होना, शुरू करना, करने लगना; नेतृत्व करना, पहले करना, कार्य करनेमें प्रथम होना; बोलना प्रारम्भ करना; प्रारम्भ होना (स्थान या कालसे); उत्पन्न करना या होना, उठना; *~ at, with* कहींसे या किसी वस्तुसे प्रारम्भ करना; *~ upon* प्रवृत्त करना या होना; *to ~ with* प्रथमतः, पहली बात यह कि; *~ the world* जीवन आरम्भ करना।

beginner n. (क्रियागत अर्थोंमें); आरम्भक, आरम्भकर्त्ता, प्रारम्भ करनेवाला; शिशिक्षु, नौसिखिया, नवसिखुआ।

beginning n. (क्रियागत अर्थोंमें); स्रोत, योनि, मूल, आरम्भ, उपक्रम, प्रथम भाग; *the ~ of the end* परिणामके लक्षण।

begird v.t. परिवेष्टित करना, कटिबन्धन द्वारा आवद्ध करना, लपेटना, आक्रमण करना, घेरा डालना, घेर लेना।

begone v. भाग जा, दूर हो, चला जा, हट जा।

begonia n. शोभापर्ण, इस प्रकारके अनेक पौधे।

begrime v.t. कर्दमाक्त करना, पंकलिप्त करना, धूलिधूसरित करना, भीतरतक मलिन करना, मैला कर देना, लथेड़ना, भरना, सानना।

begrudge v.t. ईर्ष्या करना, द्वेष करना, असन्तुष्ट होना, असन्तोष अनुभव करना, जलना, कुढ़ना।

beguile v.t. विनोदन करना, भुलाना, फुसलाना, बहकाना; मोहित करना, प्रसन्न करना, प्रतारणा करना, ठगना, छलना।

beguilement n. छल, बहकावा।

beguiler n. छली, धोखेबाज, ठग।

behalf n. पक्षसमर्थन, पक्ष, ओर, तरफ (किसी सिद्धान्त या व्यक्तिका); उपकार; सुविधा; *on* or *in ~ of* निमित्त, की ओरसे; *on* or *in –'s ~* (अमुकके) प्रतिनिधिस्वरूप, लिए।

behave v.t. आचरण करना, व्यवहार करना, बर्ताव करना; शिष्टाचार दिखलाना, शिष्टतासे रहना या कार्य करना, यथायोग्य व्यवहार करना, ठीक ढंगसे काम करना, निभाना।

behaved a. (शिष्ट अथवा अशिष्ट) व्यवहार-युक्त।

behaviour* n. समनुष्ठान, चेष्टा, चर्या, आचरण*, व्यवहार, चाल-चलन; शिष्टाचार, सदाचार, चरित्र, अन्य लोगोंके प्रति शिष्ट एवं नैतिक व्यवहार; जहाज, कल या किसी पदार्थके कार्य करनेका ढंग; *be on* one's *good ~* परीक्षण-कालमें (किसी कार्यमें साफल्य-हेतु) जी-जानसे प्रयास करना।

behaviourism n. (मनो०) आचरणवाद।

behaviourist n. आचरणवादी।

behead v.t. शिरश्छेदन करना, सिर उड़ा देना, सिर काट डालना; सिर काटकर मारना।

beheading n. शिरश्छेदन, सिर काटना।

behemoth n. बड़े डील-डौलका एक प्राचीन पशु।

behest n. आदेश, आज्ञा (का०)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

behind १. n. पीछा, चूतड़; उत्तरजीवी; २. adv. & prep. पृष्ठतः, पुष्टिमें; पीछे-पीछे; पीछे छोड़कर; पीछेकी ओर आड़में; बीता हुआ, पीठपर, पीछे छिपा हुआ (समय); बादको, देरसे; ~ one's *back* अनुपस्थितिमें, पीठ-पीछे; ~ *the scenes* गुप्त स्थानमें, पर्देमें; *fall* ~ पीछे रह जाना; *go* ~ one's *words* etc. किसीकी मनोभावनाकी खोज जगाना; *put* ~ one विचारण अस्वीकार करना, ध्यान न देना।

behindhand adv. & pred. a. शेष, बकायेमें (वेतन आदि); अव्यवहृत, पीछे; दीर्घसूत्री, हेठा, फिसड्डी, ढीला-ढाला।

behold v.t. अवधान करना, अवलोकन करना, ध्यानसे देखना, निहारना; दृष्टि द्वारा अवगत होना।

beholden a. बाधित; कृतज्ञ, उपकृत।

beholder n. प्रेक्षक, द्रष्टा, देखनेवाला।

behoof n. उपकार, उपयोग, अर्थ, सुविधा, फल, लाभ, फायदा; आवश्यकता।

behove, behoove ⊙ v.t. अवश्यपालनीय होना, कर्तव्य होना, आवश्यक होना; समुचित होना, यथायोग्य होना, यथोचित होना, (किसी व्यक्तिका किसी कार्यके लिए) योग्य होना, उपयुक्त होना, फबना।

beige n. कोरे ऊनका रंग; कोरा (या असली रंगका) ऊनी कपड़ा।

being n. (क्रियागत अर्थोंमें), प्राणी, जीव; अस्तित्वपूर्ण वस्तु; सत्ता, अस्तित्व; सार, तत्त्व, प्रकृति, निर्माण, रचना; *in* ~ अस्तित्वमय; *the Supreme B*~ ईश्वर।

bejewelled a. रत्नजटित, रत्न-राजि-धारी; अनेक रत्नोंको पहने हुए।

bekiss v.t. पौनःपौन्येन चुम्बन करना, बार-बार चूमना।

beknave v.t. गर्हणा करना, धूर्तताका आरोपण करना, दुःशील होनेका आक्षेप करना।

beknown a. ख्यात, ज्ञात, जाना हुआ।

belabour v.t. (ला०) उग्रताड़न करना, उधेड़ देना, ठोंकना, पीटना, धुनना, बहुत मारना।

belace v.t. पटपक्षालङ्करण करना, किनारीपर गोटा लगाना।

belated a. विलम्बित, बहुत देरमें पहुँचनेवाला, जिसे विलम्ब या रात हो गई हो।

belaud v.t. अतिप्रशंसा करना, आसमानपर चढ़ाना।

belay v.t. रुद्ध करना; रस्सी लपेटकर पुष्ट रखना, लपेटकर बाँधना, कसना; (मल्लाहोंकी बोलीमें) अलम्! बस! बस! रुको! ~ing-pin रस्सी बाँधनेके लिए काष्ठकी या लोहेकी कील या फन्नी।

belch[1] n. ज्वालामुखी या तोपका शब्द, ज्वालाका विस्फोट या भड़क, धड़ाका, गड़-गड़, गरज; डकार।

belch[2] v.t. & i. (गोला आदि) धड़ाधड़ छोड़ना, तड़ातड़ निकालना; निरुत्क्षेपण करना, निकाल फेंकना; उद्गिरण करना, उद्वमन करना, उद्गार निकालना, डकारना, डकार लेना; नशेमें बड़बड़ाना, गरजना, वाही-तबाही बकना, (खराब बातें) बकना।

belcher n. (गलेमें बाँधनेका) गुलूबन्द, अनेक रंगोंका रूमाल।

beldam(e) n. कुरूपा वृद्धा स्त्री, बुड्ढी, बुढ़िया; कर्कशा, भुतनी, लड़ाकी औरत।

beleaguer v.t. (प्रा० और ला०) पर्यवरोध करना, अवरोध करना, घेरा डालना, घेर लेना।

belemnite n. शल्यास्थि; तेज नोककी हड्डी।

belfried a. घण्टाघरयुक्त (इमारत)।

belfry n. घण्टाघर; गिरजाघरमें घण्टेका स्थान।

Belial n. दैत्य, प्रेत, राक्षस, शैतान; कदाचारी व्यक्ति; *man of* ~ दुराचारी, दुष्ट, पापी।

belie v.t. असत्य भाषण करना, मिथ्या कहना, झुठलाना, झूठा करना, पूरा न करना, पूरा न उतरना, आशा पूरी न करना; कलंकारोपण करना, निन्दा करना।

belief* n. प्रतीति, विश्वास*, श्रद्धा, भरोसा, एतबार; ईसाई धर्मका अंगीकार; सत्य या कथनके अस्तित्वको मानना; अन्तर्ज्ञान, सहज्ञान, विचार, धर्म, मत, राय।

believable a. विश्वसनीय, विश्वासयोग्य।

believe v.t. & i. प्रतीति करना, विश्वास करना, समझना, मानना; विचार रखना; *make* ~ बनना, झूठमूठ करना या समझ लेना।

believer n. उपासक, विश्वासी, निज धर्मपर विश्वास करनेवाला, माननेवाला।

believing a. विश्वासी।

belike adv. (प्रा०) सम्भवतः, स्यात्, कदाचित्, शायद, (प्रायः व्यंग्यात्मक)।

Belisha beacon n. (पैदल यात्रियोंके लिए) चौराहेपर एक स्तम्भ जिसके सिरेपर पीला दीपक लगा रहता है।

belittle v.t. अनादर करना, न्यून (कम) करना, क्षुद्र करना, हीन मानना, तुच्छ ठहराना, घटाना, छोटा बनाना।

bell[1]* n. घण्टा*, घण्टी, घुँघरू; घण्टाकृति-वस्तु, घण्टेके आकारकी वस्तु; ~-buoy लहरोंकी गतिसे निनादित चेतावनीकी घण्टी; ~-glass घण्टिकाच, घण्टीके आकारका काँचका ढँकना; ~-hanger मकानमें घण्टियाँ और डोरियाँ लगानेवाला (व्यक्ति); ~-hop ⊙ बैरा, होटलका छोकरा; ~-man घण्टिरणक, घण्टी बजाकर ढिंढोरा पीटनेवाला आदमी; ~-metal अष्टधातु, काँसा, ताँबे और टीनकी मिश्रित धातु; ~-pull घण्टी-कुड्म, घण्टी बजानेकी रस्सी या हैंडल; ~-punch घण्टिकर्त्तन, ऐसा टिकट काटनेवाला 'पंच' जिसमें घण्टी लगी हो; ~-ringer घण्टा बजानेवाला; ~ rope घण्टिकारज्जु, घण्टीमें लगी हुई रस्सी; ~-shaped घण्टाकृति, घण्टेके आकारवाला; ~-wether गलेमें घण्टीवाली अगली भेड़, सबसे आगे चलनेवाली झुण्डकी भेड़; अगुआ; *bear, carry away, the* ~ प्रथम आना, जीतना;

~ animalcule, ~-code, ~-flower, ~-founder, ~-jar, ~-metal ore, ~-metal scrap, ~-metal ware, ~-plunger, ~-push, B~

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

१०७ Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

receiver, ~ rudiment, ~-shaped curve, ~-shaped measure, ~-shaped vessel, ~-shape jaggery, ~tail, ~-trap.

bell[2] v.t. किंकिणी बाँधना, घण्टी लगाना, घण्टी बाँधना; ~ *the cat* बिल्लीके गलेमें घण्टी बाँधना, म्याऊँ पकड़ना, दुस्साहस करना, बड़े संकटका सामना करना, दूसरोंके लिए जान जोखिममें डालना।

bell[3] n. & v.i. हिरन या बारहसिंगेका मस्ती या कामावेशका शब्द; बो-बो करना।

belladonna n. कंटालिका, भिलावाँ, विषैला पौधा-विशेष, बेलाडोना (वन० वि०); (औषध) उससे बनी हुई ओषधि।

bellcote n. घण्टिकाभरण, घण्टियोंवाला एक गहना।

belle n. रूपवती, सुन्दरी, गोरी, सुन्दर स्त्री; (किसी स्थानकी) सर्वसुन्दरी, सुन्दरियोंकी शिरोमणि।

bellicose a. रणोद्यत, विवादप्रिय, युयुत्सु, युद्धप्रिय, लड़नेको तत्पर, झगड़ालू, लड़ाका।

bellicosity n. युयुत्सा, युद्धप्रियता, लड़ाकापन।

bellied a. तुन्दिल, पेटवाला।

belligerency n. योधन, युद्धकरण, युद्धमानता, युद्धावस्था, युद्धरतकी अवस्था, स्थिति।

belligerent n. & a. (साधारण अर्थमें) युयुत्सु, योद्धा, वीर, लड़ाईमें तत्पर शत्रु; (राष्ट्रदल या व्यक्ति) बद्ध-समर, योधनशील, युद्धरत, युद्धतत्पर, युद्धकारी।

bell-jar n. काच-आवरण, शीशेका ढँकना।

Bellona n. मूर्त्तयुद्ध, युद्धकी देवी; तेजस्विनी औरत, दबदबेवाली औरत।

bellow १. n. चीत्कार, चीख, गर्जन, कड़क, हुंकार, चिल्लाहट; २. v.t. पीड़ासे चीखना, चिल्लाना, कराहना; गर्जना, हुंकारना, चिंघाड़ना, डकारना; (बिजली, तोप आदिका) गर्जना, कड़कना; क्रोधसे या जोरसे बोलना।

bellows n. भस्त्रा, भस्त्री, भाथी, धौंकनी; केमरेका फैलनेवाला भाग; फेफड़ा, भड़कानेका साधन; ~ *to mend* साँस-उखड़ा हुआ घोड़ा; *pair of* ~ दो मुठियोंवाली धौंकनी।

belly[1] n. जठर, उदर, पेट, आमाशय; तुन्द, तोंद, शरीरका सामनेका निचला भाग; उसी प्रकारके पशुओंके भाग; उभरा हुआ भाग; कोख, किसी वस्तुकी खोह; सामनेका, आन्तरिक या नीचेका तल; वायोलिन, सितार, बीन आदिका तल (जिसपर तार रहते हैं); ~-band घोड़ेका तंग; ~-pinched निरशन, निराहार, भूखा; ~-timber खाद्य, आहार, भोजन, पेटका ईंधन; ~-worship पेटूपन, मरभुक्खापन; *a hungry* ~ *has no ears* भूखमें किवाड़ पापड़, भूखमें गूलरही पकवान; ~-god पेटू, भुक्खड़।

belly[2] v.t. & i. स्फीत होना, वर्द्धित होना, उभरना, अफरना, फुलाना, फूलना, हवा भर जाना।

bellyful n. पूर्णोदर परिमाण, पर्याप्त, इच्छानुसार, भरपेट, जीभरके।

belong v. i. सम्बद्ध होना, अंग होना, किसीसे संलग्न होना; किसीका होना; स्वामित्व होना, सम्बन्ध रखना; होना चाहिए ⊙; निवासी होना; (अधिकारपूर्वक किसी गोष्ठी, मण्डली, समाज, कुटुम्ब आदिका) सदस्य होना; किसीका कार्य या विषय होना; ~ *here* इस स्थानपर रहना; इस सिरनामेके अन्तर्गत ठीक रूपसे रक्खा जाना; ~ *to* हैं; ~ *with* ⊙ (के) साथ जाना।

belongings n. संभार, सम्पत्ति, सम्बन्धी, सामान, माल-असबाब; किसीसे सम्बन्धित प्रत्येक वस्तु।

beloved n. & a. दयित, वल्लभ, इष्ट, प्रिय, प्रिया, प्यारा, प्यारी, चहेता, माशूक; प्यार किया हुआ।

below adv. & prep. नीचे, तले; धरातलपर; नरकमें, पातालमें; भवनके निचले तलमें; नदीके बहाव या उतारकी ओर; न्यून, निम्न, अवर पदमें; पृष्ठके नीचेके स्थानमें या आगे; उससे नीचे; इतना घटिया कि जिसपर बिल्कुल प्रभाव न पड़ सके (~ *flattery*); आच्छादित; उससे अधिक गहराईपर, में; विभाजन रेखा या औसतसे कम; किसीसे नीचे पदका; सम्पूर्ण योग या कोटि आदिमें किसीसे तुच्छ होना; अयोग्य, प्रतिष्ठाके विरुद्ध; ~ one's *breath* बहुत धीरेसे।

belt[1] n. परिवेष्टन, कटिबन्ध, काँची, मेखला, रशना, परतला, पट्टा, पेटी, पट्टक, कमरबन्द; शूरवीर या अर्ल (इंग्लैंडके सरदार) की पेटी; क्षेत्र, मण्डल ⊙; पट्टियोंको संलग्नकरनेवाली पट्टी, मशीन चलानेके पट्टे; कवचपरकी लाइनके नीचेके कवचीय लौह चादरोंके ढकड़ोंकी कतार; संकीर्ण प्रणाली; *hit below the* ~ अनुचित प्रहार करना, नियम-विरुद्ध आक्रमण करना;
~ fork, ~-joint, ~man ⊙

belt[2] v.t. मेखलावेष्टन करना, पेटी या पट्टा बाँधना; पट्टी लगाना; घेरना; अस्त्रादि बाँधना; रंग आदिकी पट्टी बनाना; पट्टेसे पीटना; ~ed cruiser पट्टी तथा धातुसे आच्छादित जहाज।

Beltane n. (प्राचीन केल्टिक मेला जो) मई-दिवस (पर होता है)।

belted a. मेखलायित; पट्टकयुक्त; पट्टा पहने हुए; पट्टेसे घिरा हुआ।

belting n. पट्टक, पेटी; मशीनका पट्टा; मेखल-ताडना, पट्टासे मरम्मत; मेखला-समवाय, पट्टोंकी राशि; मेखलोपकरण, पट्टे बनानेके सामान।

belvedere n. प्रमोदभवन, दृश्य देखनेकी ऊँची अटारी या बुर्जी।

bema n. व्याख्यान-वेदिका, भाषण-मंच; प्राचीन यूनानी वक्ताओंके भाषण देनेके मंच; न्यायाधीशका आसन।

bemask v.t. आवृत्त करना, बुरकेसे ढँकना।

bemire v.t. पंक-लिप्त करना, कीचड़ पोतना।

bemoan v.t. क्रन्दन करना, विलाप करना, शोक प्रकट करना, दुःख प्रकट करना, सहानुभूति प्रकट करना, खेद करना, आह भरना, रोना-पीटना, रोना (किसीके लिए अथवा किसीपर)।

bemock v.t. परिहास करना, खिल्ली उड़ाना, हँसी उड़ाना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

bemuddle v.t. आश्चर्यचकित कर देना, अचम्भेमें डाल देना; पर्याकुल कर देना, घबड़ा देना।

bemuse v.t. अभिभूत करना, व्यग्र करना, मतिमन्द करना, बुद्धिहीन करना।

ben n. (स्कॉटलैण्डमें) आन्तरिक कक्ष, भीतरी कमरा; but and ~ बाहरी और भीतरी कक्ष, पूरा मकान।

bench १. n. फलकी, काष्ठ या प्रस्तरकी लम्बी बैठकी, नौकाकी तख्ती, बेंच; न्यायासन; न्यायालय, विचारालय, जजका कार्यालय, अदालत, इजलास; न्याय-मण्डल, न्यायाधीश-वर्ग; न्यायाधीश-गण, मैजिस्ट्रेट लोग; (संसद्में) कुछ विशेष दलोंके लिए निर्धारित आसन (*treasury, bishops', ~es*); राजगीरी या मिट्टीके कामकी बेंच, कारीगर या बढ़ईके कामकी मेज, बढ़ईका ठीहा; कुत्तोंके रखनेका घर ⊙; २. v.t. (कुत्तों या दूसरे जानवरोंको) प्रदर्शनीमें उपस्थित करना; ~-mark माप या पैमाइशमें तल ज्ञात करनेके चिह्न; ~-table विहार या मठमें वृक्षाच्छादित मार्गकी पत्थरकी बेंच; ~-warrant न्यायाधीश द्वारा निकाला गया बुलावा; ~board, ~fellow, ~-hardened ~land, ~like, ~-made, ~man, ~work, ~ terrace.

bencher n. न्यायशालिक, प्रधान सभासद, प्रधान बैरिस्टर, इन ऑव् कोर्टके प्रबन्धमें हाथ बँटानेवाला।

bend[1] n. कमायी हुई खालका आधा टुकड़ा; (नौवि०) अनेक प्रकारकी गाँठें, गिरह; (चिह्नांकन) (दाहिनी ओरसे बाईं ओरके आधारकी ओर खींची हुई) समानान्तर प्रधान रेखाएँ; ~-leather तल्लेका मोटा चमड़ा; ~ sinister विजन्मताका चिह्न; विपरीत दिशामें।

bend[2] n. किसी वस्तुका मुड़ा हुआ भाग; गलनी, नति, मुड़ाव, मोड़, टेढ़ापन, झुकाव; the ~s दबाववाली हवाका रोग (जो मजदूरोंको हुआ करता है)।

bend[3] v.t. & i. नमना, सिर झुकाना (किसीको या के समक्ष); वशीभूत करना, दमन करना, झुकनेके लिए प्रेरित करना, वशमें लाना, अपनी बात मनवाना; कोणाकार बनाना, मोड़ना, मुड़ना, झुकाना, झुकना, (कठोर वस्तुको) टेढ़ा करना या होना; कसकना; गाँठ लगाना; भौंहें झुकाना या चढ़ाना; (कर्म०) स्थिर-संकल्प होना, तुल जाना, नयी दिशामें मोड़ना, मुड़ना (चक्षु, पग); ~ *the brow* भृकुटि-भंगिमा दिखाना या करना।

bendable a. झुकाने योग्य, विश्वसनीय।

bender n. (ग्रा०) छ पैसेका सिक्का; ⊙ उत्साही खेल।

bending n. विनाम, नमन, झुकना, झुकाव।

bendy a. झुकावदार, कई मोड़वाली।

beneaped a. भाटासे भूमिपर छोड़ा हुआ, तरंगोंसे लाया हुआ।

beneath adv. & prep. नीचे, नीचेकी ओर, तले; ~ *contempt* अतिघृणित, अत्यन्त घृणाके योग्य; पोच; ~ *one* अशोभन, किसीके अयोग्य, शानके खिलाफ।

benedicite n. आशीर्वचन; हविर्मन्त्र, भोजनके पहले ईश्वरका नाम लेना; मंगलके लिए ईश्वर-शब्दोच्चारण।

Benedick n. नवविवाहित, विवाह करनेवाला चिर-कुमार।

Benedictine n. & a. कृष्णवस्त्रधारी, सेंट बेनिडिक्टके मतका अनुयायी साधु (ईसाई संत); एक प्रकारकी मदिरा।

benediction n. स्वस्त्ययन, शान्तिवाक्य, आशीर्वाद, शुभकामना, धन्यवाद, ईश्वरकी कृपा, गिरजेमें प्रार्थना-समाप्तिके बाद स्वस्तिवाचन।

benedictive a. आशीर्वादात्मक, मंगलवाची।

benedictory a. शुभाकांक्षाशापक, स्वास्तिक, आशीर्वाद-सूचक, आशीर्वाद-सम्बन्धी।

benefaction n. पूर्तदान, धर्मदान, दान; उपकार, परहित, कल्याण, भलाई।

benefactor n. हितकारी, उपकारी, संरक्षक, सहायक।

benefactress n. दात्री, उपकारिणी, संरक्षिका, सहायिका।

benefice n. मठ-भोग; पादरीकी जीवन-वृत्ति।

beneficed a. पादरीकी जीवन-वृत्तिवाला।

beneficence n. वदान्यता, त्यागिता, उपकारशीलता, परोपकारिता, उपकार, दया, कृपा, हित, दान, भलाई, नेकी।

beneficent a. परोपकारी, औदार्ययुक्त।

beneficial a. सुविधाजनक, कल्याणकारक, सुखप्रद, लाभदायक, हितकारी, लाभकारी, उपकारक, सहायक; (कानून) जायदादके उपयोगसे सम्बन्धित।

beneficiary n. & a. उपकृत, दानग्राही; हिताधिकारी, लाभानुभोगी, लाभाधिकार प्राप्त करनेवाला; जागीरदार; गिरजाघरकी जागीर या वृत्ति प्राप्त करनेवाला; (कानून) माफीदार आसामी।

benefit[1] n. सुविधा, उपकृति, उपकार, हित, लाभ, फायदा; सेवा, भत्ता, पेंशन; नाटक, खेल और थियेटर इत्यादिके कार्य (जिसका लाभ किन्हीं विशिष्ट खिलाड़ियों-को प्राप्त हो); किसीकी आज्ञाके विशेषाधिकार द्वारा सामान्य न्यायालयोंसे मुक्ति (पादरीपनका लाभ); ~-club, ~ society रोगावस्था या वृद्धावस्थामें अपने सदस्योंकी रक्षा (बीमा)का बीड़ा उठानेवाली सभाएँ; (ग्रा०, व्यंग्य) सुन्दर समय (अवसर), बढ़तीका वक्त; ~-night परोपकारि-नृत्त-आयोजन (किसी सभा इत्यादिको दान देनेके लिए नाटक इत्यादि खेलना)।

benefit[2] v.t. & i. उपकार करना, उपकृत होना, लाभ पहुँचाना, लाभ उठाना, भलाई करना, भला करना (किसी वस्तु द्वारा)।

benevolence n. उपचिकीर्षा, जनहितैषिता, हितेच्छा, सुजनता, परोपकारिता, उदारता, दयाशीलता, कृपालुता, दया; (अँ०इति०) जबरी ऋण, बलपूर्वक लिया गया ऋण।

benevolent a. हितैषी, शुभचिन्तक, दानशील, उपकारी, दयालु, कृपालु, परोपकारी, उदार, दयावान्।

Bengal n. बंग प्रदेश, बंगाल; ~ light सांकेतिक रोशनी, संकेतके लिए आतिशबाजी; ~ stripes धारीदार गिंगम (वस्त्र)।

Bengali, ~lee n. & a. बंगाली, बंगालका (निवासी), बंगालकी (भाषा)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

benight v.t. अन्धकारमय करना, अँधेरा करना, अँधेरेसे घेर लेना; निराशामय करना, निराश करना।

benighted a. तमाकुल, रात्रिग्रस्त, रात्रिमय, रातसे घिरा हुआ; अनैतिक, नैतिकताशून्य, निर्बुद्धि, नैतिक या बौद्धिक अन्धकारसे युक्त; अनभिज्ञ, अज्ञ, अज्ञानी, मूढ़, अनजान।

benighten v.t. = BENIGHT.

benightening n. अन्धकार करना, अँधेरा करना।

benighter n. अन्धकार करनेवाला, अँधेरा करनेवाला।

benightment n. अन्धकारमयता, अँधेरापन।

benign a. सौम्य, भद्र, सज्जन, कृपालु, सदय, दयालु; कल्याणकर, हितकर, शुभकर; (रोग सम्बन्धी) अघातक, मृदु, कोमल, अतीव्र।

benignancy n. सज्जनता, कृपालुता, दया।

benignant a. सज्जन, सदय, कृपालु, भद्र, दयावान्, दयालु; शुभकर, अनुकूल।

benignity n. सदय-प्रवृत्ति, अनुग्रहपरायणता, कृपा, दयालुता, कृपालुता, दया (सामान्यतः प्राचीन)।

benison n. (प्रा०) आशीर्वाद, शुभकामना।

benitier n. पुण्योदपात्र, पवित्र जलका बर्तन, गंगाझारी।

Benjamin[1] n. प्यारा, लाडला; सबसे छोटी सन्तान; ~'s mess अधिक भाग, बड़ा भाग।

benjamin[2] n. लोबान।

bennet n. संकंगुताल, एक प्रकारकी जड़ी।

bent[1] n. रेंगनेवाली लम्बी जड़ोंवाली दूब, घास; सरहरी, सरपतकी भाँतिकी कड़े तनेवाली विभिन्न प्रकारकी घास; (*bennet*) फूलका कड़ा डंठल, घासोंका पुराना डंठल; way~, stool~ पौधोंके प्रकार; वनभूमि, खुली चरागाह, बिना घिरी हुई चरागाह।

bent[2] n. प्रवृत्ति, पक्षपात, वक्रिमा, नमन, रुझान, झुकाव; *to the top of* one's ~ आत्मतृप्तिभर, मनभरके, जीभरके।

bent[3] a. नत, वक्रीकृत; मोड़ी हुई, झुकायी हुई।

Benthamism n. भूरिसुखवाद, बहुजन हितवाद, बेन्थमके दृष्टिकोणसे नीतिशास्त्रका आदर्श सिद्धान्त।

Benthamite n. बेन्थमका अनुगामी, बेन्थमी, बेन्थमके बहुजनहितवादको माननेवाला।

benumb v.t. अनुभवशक्ति-विहीन करना, अशक्त करना, शक्तिहीन करना (प्रायः शीतसे); (मस्तिष्क-क्रिया) स्तम्भित करना, जडीकृत करना, सुन्न करना।

benzene n. धूपेन्य, कोलतारसे निकलनेवाला पदार्थ, एक सुगन्धित हाइड्रो-कार्बन (उदांगार), बेनजीन; ~ model, ~ nucleus, ~ ring, ~ series.

benzine n. धूपी (खनिज तैलसे प्राप्त तरल हाइड्रो-कार्बन या उदांगार का मिश्रण), बेनजाइन।

benzoic a. लोहबानी, लोहबानयुक्त।

benzoin n. अश्मपुष्प, शैलज, धूप, गुग्गुल, लोहबान (जावाके विशिष्ट वृक्षका गोंद)।

benzol n. धूपेन्य (एक प्रकारका तेल जो मोटर चलानेके काम आता है)।

bepaint v.t. चित्रणावृत्त करना, रंग भरना।

bepity v.t. अतिशय दया करना; अति करुणार्द्र होना।

bepommel v.t. असि-मुष्टि-प्रहार करना, तलवारकी मूठसे मारना।

bepowder v.t. कुंकुम विकिरण करना, पाउडर छिड़कना।

bepraise v.t. अतिश्लाघा करना, अतिप्रशंसा करना, अतिवादन करना।

bequeath v.t. परिक्थदान करना, उत्तराधिकार सौंपना, इच्छापत्र द्वारा (जंगम) देना, वसीयतमें देना; (किसी व्यक्तिको) मृत्युके समय (सम्पत्ति) छोड़ जाना, किसीके नाम लिख देना, दानपत्र लिखना, देकर मरना, दे जाना।

bequeathable a. परिक्थदेय, वसीयत होने लायक।

bequeathal n. परिक्थदान, वसीयतनामा।

bequest n. क्रोडपत्र, इच्छापत्र; रिक्थप्रदान; उत्तरदान, संकल्प, उत्तराधिकार-प्रदान, वसीयत (द्वारा दान)।

berate ⊙ v.t. निर्भर्त्सना करना, भर्त्सना करना, भला-बुरा कहना; फजीहत करना।

berated ⊙ a. निर्भर्त्सित, भर्त्सित, जिसकी फजीहत की गयी है।

berceuse n. (संगी०) लोरी, बच्चेको सुलानेका गीत।

bere n. एक विशिष्ट प्रकारका जौ।

bereave v.t. असहाय छोड़ देना; विधुर करना, विरहित करना, विहीन करना, वंचित करना (सम्बन्धी या स्त्री आदिसे); छीन लेना, ले लेना (प्रायः अमूर्त्त वस्तुओं, जीवन, आशा आदिके सम्बन्धमें)।

bereavement n. शोकावस्था, सोग।

bereft a. विधुर, विप्रयुक्त, वियुक्त, वंचित।

beret n. सैनिकका शिरस्त्राण; प्रतियोगिताके खिलाड़ियोंकी टोपी, छुट्टियोंके वस्त्रोंके साथ पहननेकी मनुष्यों एवं स्त्रियोंकी उसी प्रकारकी टोपी; बास्क किसानोंकी गोल चपटी टोपी।

berg n. (द० अफ्रीका) पर्वत या पहाड़ी; ~ wind केप कॉलोनीमें मई और अगस्तके दिनोंमें बहनेवाली गर्म उत्तरी हवाएँ।

bergamask n. इतालीय ग्राम्य-नृत्य, इटली देशमें होनेवाला गँवारोंका नाच।

bergamot[1] n. जम्भी, नींबू और सन्तरेके प्रकारका वृक्ष; इसके फलसे निर्मित इत्र।

bergamot[2] n. एक प्रकारकी नासपाती।

berhyme v.t. पद्यबद्ध करना, तुकबन्दी करना; किसीकी निन्दा लिखना।

beriberi n. बलहारी, जलन्धर, जलोदर रोग-सा एक रोग, शोथ जातीय रोग, बेरीबेरी।

Berlin n. चार पहियोंकी ढापनदार (बन्द) गाड़ी; ~ black लोहेकी वार्निश; ~-iron चीजें ढालनेका लोहा; ~ gloves बुने हुए ऊनी दस्ताने; ~ warehouse रंगीन ऊनी तागेकी दूकान; ~ wool रंगीन ऊनी तागा, डोरा।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

berm n. प्रतितट; एक तरहका रास्ता; झुकी हुई चट्टान।

berry[1]* n. (प्रचलित) बदरीफल, बदर, (आ०) बेर*, छोटे-छोटे गोलाकार रसदार फल; (वन०) गूदेमें लिपटे हुए बीजवाले फल; गेहूँ आदिका बीज, दाना; एक प्रकार-की मछलीका अंडा, *(in ~)* जैसे, अंडे देनेवाला एक प्रकारका बड़ा केकड़ा।

berry[2] v. i. फलधारण करना, गूँदीके प्रकारके वृक्षोंमें फल आना; बेरी फलोंको एकत्र करना, फल चुनना।

berserk(er) n. नार्वे देशका प्रचण्ड योद्धा, जंगली वीर योद्धा।

berth[1] n. स्थिति, स्थान, नियुक्ति, पद; शायिका, शयन-स्थल, सोनेका स्थान, बर्थ; किसी वस्तुके लिए उचित स्थान; जलावकाश, लंगर डाले जहाजके लिए पर्याप्त स्थान; लांगल-स्थान, सागरमें सुविधाजनक (ठहरनेका) स्थान, घाटपर जहाजके ठहरनेका स्थान; *give wide ~ to* हटाना, टालना।

berth[2] v.t. पदमें नियुक्त करना; सोनेका स्थान देना; उचित स्थानपर लंगर डालना, जहाजको बाँधना, ठहराना।

bertha, berthe n. (स्त्रियोंके खुले गलेके परिधानमें) गलेके नीचेकी झालर; Big B~ जर्मनीकी लम्बी मारकी तोप।

berthage n. लांगल-कर, बन्दरगाहमें जहाज रखनेका कर; शायिका-स्थान।

Berthon boat n. समेटी जा सकनेवाली एक छोटी नाव।

Bertillon system n. बर्तलाँ व्यवस्था, माप द्वारा अपराधियोंको पहिचाननेका ढंग।

beryl n. वैदूर्य, वैडूर्य, हरितमणि, मरकतमणि, पन्ना, नीले रंगकी मणि, फीरोजा; पिलाई लिये हुए हरे (सुआ-पंखी) वर्णका बहुमूल्य पत्थर।

beryllium n. विदूर, एक प्रकारकी धातु (श्वेत एवं कड़ी), वेरीलियम।

besainted a. सन्तत्वारोपित, सन्तवत् समादृत; सन्ता-ध्यासित, सन्तोंसे बसा हुआ।

bescrawl v.t. कुलेखमें लिखना, घसीट लिखना, गन्दी लिखाईसे भर देना।

bescreen v.t. आवृत्त करना, छिपाना, संगोपन करना।

bescribble v.t. घसीटकर लिखना, अस्पष्ट लिखना।

beseech v.t. अनुनय करना, प्रार्थना करना, विनती करना, विनय करना, निवेदन करना, मिन्नत करना, गिड़गिड़ाना।

beseecher n. अनुग्रहप्रार्थी।

beseeching a. विनत, आनत, विनयपूर्ण, प्रार्थनायुक्त, मिन्नतभरी (वाणी या दृष्टि)।

beseechment n. अनुनय, प्रार्थना, अभिलाष-निवेदन।

beseem v.t. उपयुक्त होना, योग्य होना, शोभा देना।

beseeming a. शोभन, उपयुक्त, उचित।

beseemingness n. शोभनता, औचित्य।

beseen p.p. दृश्यमान; पूर्ण।

beset v.t. वेष्टन करना, रोध करना, रोक देना, घेर लेना (सड़क आदि); आक्रमण करना, धावा करना, चढ़ाई करना, (व्यक्तिपर) टूट पड़ना, जा पड़ना; आक्रान्त करना, अभिभूत करना, व्याकुल करना; ~-ting sin जन्मपाप, नैतिक दुर्बलता (जो छूट न सके)।

besetment n. आक्रान्त अवस्था या स्थिति, घेरा जाना; नैसर्गिक पाप, जन्मपाप।

beshadow v.t. परिबिम्बित करना, छायासे ढँकना।

beshame v.t. लज्जित करना, ह्रीपरिगत करना, व्रीडापन्न करना।

beshrew v.t. (सम्प्रति, झूठी वीरतापर व्यंग्यात्मक अभिशाप) मरी पड़े, सत्यानाश हो।

beside prep. पार्श्व, निकट, समीप, पास, समान स्तरपर, मुकाबलेमें; बाहर, हटा हुआ (लक्ष्य, विषय आदि-से); *~ oneself* आपेसे बाहर।

besides adv. & prep. अतिरिक्त, और भी, सिवाय इसके, अलावा।

besiege v.t. उपरोधन करना, अवरोधन करना, परि-वेष्टित करना, घेरा डालना, घेर लेना, छेंकना; प्रार्थनाओं-की भरमार करना; चारों ओर इकट्ठा होना।

besiegement n. घेरा, किलाबन्दी।

besieger n. उपरोधक, अवरोधक, घेरनेवाला।

besigh v.t. आह भरना।

besit v.t. सुरीत्या उपवेशन करना, भली प्रकार बैठना, उपयुक्त होना।

beslave v.t. दास बनाना, भृत्य बनाना।

beslaver v.t. थूक या रालसे आच्छादित करना; बहुत चाटुकारी करना, चापलूसी करना।

beslobber v.t. लार (राल) गिराते हुए चुम्बन करना, बहुत चूमना-चाटना, लार पोतना।

besmear v.t. आलेपन करना, चिपचिपे या चिकने पदार्थसे लेपन करना, दिग्ध करना, पंकन करना, मैला करना, पोतना, लेसना, मलना, लथेड़ना; सौंदना; पगड़ी उतारना, कलंकित करना, अपमान करना।

besmirch v.t. लेप करना, मलिन करना, मैला करना, बदरंग करना, गंदा करना; निष्प्रभ करना, द्युति मन्द करना, चमक कम करना, आब मिटाना; कलंकित करना।

besom १. n. सम्मार्जनी, मार्जनी, झाड़ू, बढ़नी; २. v.t. बुहारना, झाड़ू देना, झाड़ना, साफ करना।

besort v.t. उपयुक्त होना, जँच जाना, उचित होना।

besot v.t. प्रमत्त करना, हतबुद्धि करना, सुन्न करना, मदहोश करना (नैतिक एवं मानसिक रूपसे)।

besotted a. मोहित।

besottedness n. मूर्ख बनानेका भाव।

besought p.p. of BESEECH. प्रार्थित, निवेदित।

besouled a. आत्मासे युक्त बनाया हुआ, आत्मापन्न।

bespangle v.t. सुसज्जित करना; पोत लगाना, सितारे लगाना, पन्नी जड़ना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

bespatter v.t. जल या कर्दम द्वारा सिक्त करना; छींटे डालकर मलिन करना, गन्दा करना, धब्बे डालना; छितराना; कलंक लगाना, निन्दा करना, गाली देना; अत्यधिक चापलूसी करना; गालियों या खुशामदकी भरमार करना।

bespeak v.t. पूर्वप्रबन्ध करना, पहलेसे ठहरा लेना, तय करना, कह रखना; आदेश या आज्ञा देना, माल मँगाना; कहना (का०); आभास देना, संकेत करना, साक्षी होना, जताना; शर्तमें रखना।

bespeckle v.t. लक्ष्य-लक्षित करना, चिह्न लगाना।

bespectacled a. उपनेत्रधृत, चश्मा लगाये हुए।

bespeed v.t. आगेको बढ़ाना, उन्नयन करना; त्वरागति भरना।

bespice v.t. मसालेदार बनाना।

bespoke a. कथित, आशंसित, उक्त, वदित।

bespot v.t. लक्ष्माङ्कित करना; धब्बेसे निशान लगाना; लक्ष्मावृत करना, धब्बेसे ढँकना।

bespread v.t. विस्तरण करना, फैलाना; आवरण करना, ढँकना।

besprent a. (का०) छितरा, बिखरा हुआ (इधर-उधर)।

besprinkle v.t. सेचन करना; बिखेरना, छिटकाना, छिड़कना (ला०)।

Bessemer n. & a. अपिधम, इस्पात (जैसे, ~ *process*);
~ converter, ~ copper, ~ iron, ~ limit, ~ process, ~ steel.

best[1] v.t. (बोल०) (धूर्ततासे) परास्त करना, हरा देना, मात करना, ठगना।

best[2] a. & adv. प्रशस्ततम, सर्वश्रेष्ठ, श्रेष्ठ, उत्तम, सर्वोत्तम ढंगसे, सबसे अच्छा, सबसे बढ़िया; ~ abused (बोल०) सबसे अधिक कलंकित, बदनाम; ~ girl प्रेयसी, प्रेमिका; ~man शहबाला; ~ seller अत्यधिक बिकनेवाली वस्तु; प्रसिद्ध लेखक, लोकप्रिय पुस्तक आदि; one's ~ बढ़िया कपड़े; Sunday ~ त्यौहारी कपड़े; *at* ~ अच्छीसे अच्छी दशामें; *bad is the* ~ भाग्य अच्छा नहीं है; *be at* one's ~ अत्युच्च स्थितिमें होना; *did it for the* ~ सद्विचारसे किया; *do* one's ~ भरसक प्रयत्न करना; *had* ~ उचित यही है कि; *have the* ~ *of it* जीत जाना; *make the* ~ *of things* अच्छा उपयोग करना; किसी प्रकार काम निकालना; *make the* ~ *of* one's *way* जितनी तेजीसे हो सके चलना; *with the* ~ किसीसे कम नहीं; *to the* ~ *of* one's *power* यथासामर्थ्य कर्म करना; *the* ~ *is the enemy of the good* अति उच्च आदर्श उन्नति-निरोधक है।

bestain v.t. कलंकलक्षित करना, धब्बा लगाना।

bestead v.t. & i. साहाय्य करना, सहायता देना, काम आना।

bested a. (कठिनाइयों आदिमें) घिरा हुआ, दबा हुआ, पड़ा हुआ, फँसा हुआ।

bestial a. पाशविक, पशुविषयक, पशुके सदृश; निर्दय, पशुवत्; वासनासक्त, कामातुर, विषयी; अश्लील, कुत्सित, फूहड़; अशिष्ट, दुष्ट।

bestiality n. कामातुरता, पशुमैथुन, पशुता; निर्दयता; अशिष्टता, फूहड़पन।

bestialize v.t. कामातुर करना, कुत्सित करना, पशु बनाना।

bestiary n. मध्यकालीन पशु-विषयक उपदेशप्रद कथाओंका संग्रह (जैसे, पंचतंत्र, हितोपदेश)।

bestick v.t. लगाना; सजाना।

bestill v.t. शान्त करना, नीरव बनाना।

bestir v. refl. (स्वार्थे) आलोड़ित करना, चेष्टा करना, प्रयत्न करना, हाथ-पैर मारना, दौड़-धूप करना; (अपनेको) उकसाना, भड़काना; कार्यव्यस्त होना, काममें लगना।

bestow v.t. अर्पित करना, प्रदान करना, (उपहारकी भाँति) देना; ठहराना, टिकाना; जमा करना, रखना।

bestowal n. उपहार, दान।

bestower n. दाता।

bestowment n. उत्सर्जन; प्रदान।

bestraught a. विक्षिप्त; विकृतचित्त, पागल।

bestreak v.t. धारियाँ बनाना या लगाना।

bestrew v.t. बिखेरना, बिखराना, छितराना, छींटना, फैलाना।

bestride v.t. दोनों टाँगें फैलाकर खड़ा होना; (ला० भी); विक्रमण करना, सवारी करना, बैठना, चढ़ना (घोड़े या कुर्सीपर)।

bestuck a. p.t. of BESTICK.।

bestud v.t. जड़ित करना, नग इत्यादि जड़ना।

bet १. n. सर्वपण, पण, भाग्यदा, परिकल्पना, पणबंध, द्यूत, शर्त, जुआ, सट्टा, बदान, बाजी; २. v.t. & i. (व्यवसाय) धन आदिको खतरेमें डालना, दाँव या बाजी लगाना, पण या शर्त लगाना, बदना; *you* ~ विश्वास मानो, इसे सत्य जानो।

beta n. यूनानी वर्णमालाका द्वितीय अक्षर (=*B*); दोकी संख्या; सप्तर्षियोंमेंका दूसरा तारा; पालंक-प्रजाति; ~ rays रेडियोके क्रियाशील पदार्थों द्वारा निकाले गये शीघ्रगामी विद्युदणु (जिन्हें मूलतः किरण माना गया);
~-antimony, ~ brass, ~ dash, ~-glucose, ~ iron, ~-naphthol, ~-naphthol orange, ~-naphthyl, ~ particle, ~-spore.

betake v. refl. किसी काममें प्रवृत्त होना, लगना; (किसी स्थान या व्यक्तिके पास) आश्रय लेना, जाना, (अपनेको) पहुँचाना; (स्वार्थे) (अपनेको) समर्पण करना, (अपनेको) किसी ढंगके अनुकूल बनाना, अपनाना, मान लेना।

beteem v.t. उत्पन्न करना, बढ़ाना।

betel n. ताम्बूल, पान; ~-nut पुंगीफल, सुपारी, छालिया; ~-nut tree खदिर, खैर; ~ palm, ~-nut palm खदिर, खैर;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~-leaf, ~ leaf vine, ~ pepper.

bethankit n. भोजनोपरान्त भगवान्‌का धन्यवाद ।

Bethel n. (समुद्र तटपर अथवा नौका आदिपर स्थित) मल्लाहोंका गिरजा; इंगलैण्डके राज-मतके विरोधी ईसाइयों-का गिरजाघर; पवित्र स्थान ।

bethink v. refl. (स्वार्थे) ध्यानमें लाना, मनमें समाना या आना, सूझना; अपनेको सरण करना, विवेचन करना, चिन्ता करना; याद आ जाना, ठनकना, सोचमें आना ।

bethral v.t. दास बनाना, गुलाम बनाना ।

bethrow v.t. रशनावत् करना, ऐंठना ।

bethumb v.t. अंगुष्ठसे मलिन करना; अँगूठेसे गंदा बनाना ।

bethump v.t. ताड़ना करना, प्रहार करना, पीटना ।

bethwack v.t. पीटना ।

betide v.t. & i. संघटित होना, घटित होना, घटना, आ पड़ना, बीतना (*woe ~ him*) ।

betimes adv. यथावसर, यथासमय, समयपर; (दिन, वर्ष, जीवनके) पहले पहरमें ।

betise n. अप्रासंगिक वार्ता, बालिश चर्चा; असमय कर्म ।

betitle v.t. उपाधि देना ।

betoken v.t. भावीकी सूचना देना, भविष्यको बताना, पूर्वसूचना देना, लक्षण सूचित करना, संकेत करना, जताना; चित्र द्वारा प्रदर्शन करना ।

beton n. कंक्रीट; चूने तथा रोड़ियोंका मिश्रण ।

betony n. छिन्नाण्डपर्णी, नील लोहित (बैंगनी) रंगके पुष्पवाला पौधा ।

betook p.t. दे० BETAKE.

betoss v.t. उछालना, उत्क्षेपण करना ।

betray v.t. विश्वासघातकतापूर्वक परित्याग करना, विश्वासघात करना, (व्यक्ति या वस्तुको) विश्वासघातसे शत्रुके हवाले करना, भक्तिहीन या द्रोही होना, द्रोह करना, धोखा देना, बहकाना; प्रकट करना, अनिच्छा-पूर्वक बताना; भेद खोलना ।

betrayal n. विश्वासघात, कपट, द्रोह, धोखा; रहस्य, विभेद ।

betrayer n. विश्वासघातक, विश्वासघाती, वंचक, द्रोही, कपटी ।

betrim v.t. सजाना, क्रममें रखना ।

betroth v.t. वाग्दान करना, विवाहके लिए वचन देना, सगाई या मँगनी करना ।

betrothal n. वाग्दान, सगाई, मँगनी ।

betrothed n. & a. मँगेतर ।

betrothment n. सगाई, मँगनी ।

better[1] n., a. & adv. अधिक योग्य व्यक्ति (*one's ~*), बड़े लोग; प्रशस्ततर, उच्चतर, श्रेष्ठतर, उत्तर, सुन्दरतर, भद्रतर, अधिक अच्छा, दूसरेसे अच्छा; खुशहाल; ~ half पत्नी; ~ off अधिक सुखी, पहलेसे अधिक धनी; ~ part अधिकांश, बड़ा भाग; ~ *than one's word* वादेसे अधिक; *be, get,* ~ कुछ स्वस्थ होना; *change for the* ~ उन्नति, बढ़ती करना; *get the* ~ *of* विजित करना, हरा देना; *I know* ~ मैं इसे माननेको उद्यत नहीं; मैं इतना मूर्ख नहीं (कि यह करूँ); *no* ~ *than* वस्तुतः, लगभग; *think* ~ *of it* विचार परिवर्तित कर देना; *had* ~ अच्छा होगा कि ।

better[2] v.t. & i. श्रेयस्तर बनाना, सुधारना, सँवारना, अधिक अच्छा कर देना; उन्नति करना, (किसीसे) बढ़ जाना, आगे हो जाना; ~ *oneself* उन्नति करना, अच्छा वेतन प्राप्त करना, बढ़ती करना; ~ आत्मसुधार करना, आत्मोन्नयन करना, उन्नति करना ।

better[3] n. शर्त या बाजी बदने या लगानेवाला ।

betterment a. आसुधार, सुधार, उन्नति; स्थानीय सुधारोंके कारण (वास्तविक सम्पत्तिका) बढ़ा हुआ दाम ।

bettermost n. सर्वोत्तम, सबसे अच्छा ।

betterness n. उच्चतरत्व, अच्छापन ।

betting n. पणक्रिया, पण लगाना, शर्त लगाना, बाजी लगाना ।

betty n. गृह-भृत्य; सेंध काटनेका हथियार ।

betumbled a. अव्यवस्थित, इधर-उधर लुढ़का हुआ ।

between* adv. & prep. मध्यमें, बीचमें*, में; अन्तरालमें; अन्तरमें; योजकके रूपमें; विभाजकके रूपमें; इधर-उधर (*go* ~); अंशतः, इस कारणसे; ~ *cup and lip* आसमानसे गिरा खजूरमें अटका, आशाओंपर पानी फिरना; ~ *devil and deep sea* आगे आवें दाँगें टूटें, पीछे मुड़ें तो आँखें फूटें, बचनेकी कोई आशा न रखता हुए, न इधरके न उधरके, एक तरफ कुआँ दूसरी तरफ खाई; ~ *two stools* (*we come to the ground*) दुविधामें, असमंजसमें, दुविधामें दोनों गये माया मिली न राम; ~ *whiles* मध्यान्तरोंमें; ~ *wind and water* डाँवाडोल अवस्थामें; *betwixt and* ~ आधा-आधा; *choose* ~ दोमेंसे एक चुनना; *stand* ~ मध्यस्थ होना, बीच-बचाव करना, बीचमें पड़ना ।

between-maid n. सहाय्य भृत्यदारिका, एक नौकरानी जो दूसरे नौकरोंके काममें भी मदद करती है ।

betwixt prep. & adv. अन्तरमें, बीचमें ।

bevel[1] n. प्रवणित्र, प्रवणचक्र, प्रवणकोण, प्रवण, कोर, गोनिया, कोठा बनानेका (औजार) यन्त्र; ढाल, ढलवाँ तल ।

bevel[2] v.t. & i. प्रवणन करना, प्रवणीकरण करना, कोण-प्रवणन करना, (कोर निकालकर) ढालू बनाना; ~ *gear* प्रवणदन्ति, भिन्न दिशामें घूमनेवाली दाँतेदार पहिया ।

bevelled a. तिरछा बना हुआ, टेढ़ा कटा हुआ ।

bevelling n. वक्रवत् या कोणवत् बनानेकी क्रिया ।

bever n. तुरत-फुरत भोजन ।

beverage n. पेय, पानीय, मद्य, शराब या शर्बत ।

Bevin boy n. (गुप्त मतदान द्वारा चुना हुआ) युवा खनिकर्मी ।

bevy n. मण्डली, झुण्ड, टोली (स्त्रियों, हरिणों, बटेरों, लवोंकी); पक्षियोंका झुण्ड ।

bewail v.t. & i. संविलापन करना, विलाप करना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

परिदेवन करना, परिशोचन करना, अनुरोदन करना, शोक मनाना, शोक करना, हाथ मलना, रोना।

bewailable a. शोच्य, विलापके योग्य।

bewailing n. परिदेवन, विलाप, क्रन्दन।

beware v.t. & i. सचेत रहना, सतर्क, सजग, सावधान होना, ध्यान रखना, चौकस रहना, चौकन्ना रहना।

beweep v.t. & i. परिदेवन करना, अश्रुपात करना, रोना।

beweltered a. रक्त-परिलिप्त, चारों तरफ खूनके पड़े हुए धब्बेवाला।

bewet v.t. सिक्त करना, भिगोना, क्लिन्न करना।

bewigged a. आडम्बरपूर्ण; 'विग' टोपी पहने हुए, कृत्रिम वेशधारी।

bewilder v.t. सम्भ्रान्त करना, व्यामोहन करना, पर्याकुल करना, व्यामोह या विमोहमें डालना, आकुल करना, भ्रान्त करना, घबरा देना, हैरान करना, बहकाना, भटकाना, भुलाना।

bewildered a. व्यग्र, पर्याकुल, व्यामोहित, किंकर्त्तव्य-विमूढ़, घबड़ाया हुआ।

bewilderment n. सम्भ्रम, वैक्लव्य, सम्मोह, भ्रम, व्यग्रता, घबड़ाहट, परेशानी।

bewilderness n. सम्भ्रान्ति, व्यग्रता, व्यामोहन, घबड़ाहट।

bewitch v.t. अभिचार करना, मन्त्रमुग्ध करना, वशीकरण करना, मूठ चलाना, जादू करना, जादू डालना; हर्षोन्मत्त करना, अति प्रसन्न करना, मोहना, रिझाना, लुभाना।

bewitching a. मनोहारी, मोहक, मनमोहन, चित्तचोर, आकर्षक।

bewitchment n. वशीकरण, मोहन, आकर्षण।

bewray v.t. (प्रा०) (भूलसे) गुप्त कथा प्रकाशित करना, रहस्योद्घाटन करना, स्पष्ट करना, भेद खोल देना।

bey n. जिला शासक; तुर्की गवर्नर, बे (बेग)।

beylic n. बे-का प्रान्त।

beyond १. n. (*The B~*) भावी, अज्ञात, परलोक; २. adv. & prep. क्षेत्र, समझ या पहुँचके बाहर; बढ़कर, से अधिक (*you have prospered ~ me*); अतीत, परे, पार, उस ओर, दूसरी ओर, परले किनारे, बाहरका, दूर, उधर, अतिरिक्त, सिवाय; *~ measure* अपरिमित, अमित, अतिमात्र, सीमातीत, सीमासे बाहर, हद्दसे ज्यादा; to go ~ सीमातीत हो जाना, अपरिसीम हो जाना, बढ़कर होना।

bezant n. ९वीं शताब्दीसे प्रचलित यूरोपकी स्वर्ण मुद्रा, रजत मुद्रा भी, बीजान्त।

bezel n. घड़ीमें नगीना या शीशा टिकानेकी झरी या नाली; तराशे हुए नगीनेका पहलू; छेनीका ढलवाँ पहलू, रुखानीकी तिरछी धार आदि।

bezique n. ताशका खेल विशेष, बिज़ीक।

bezonian n. रिक्तहस्त, भिक्षुक, अकिंचन, याचक, भिखारी; शौण्ड, शठ, दुष्ट, बदमाश।

bhang n. भंग, भाँग।

biangular a. द्विकोणीय, दो कोणोंवाला।

bias[1] n. एक प्राचीन खेलके गेंदका चपटापन; इस गेंदका तिर्यक् मार्ग, बोझ या प्रभाव (जिसके कारण यह गेंद अपने मार्गसे हट जाय); (गेंदसे रूपक) पूर्वग्रह, पक्षपात, अभ्यानति, अभिनति, प्रभाव, झुकाव, तरफदारी; *cut on the ~, cut ~* तिरछा काटना।

bias[2] v.t. प्रोत्साहन देना (पक्षपातके साथ); (अनुचित) प्रभाव या दबाव डालना, पक्षपात द्वारा करना, मोड़ देना।

biaxial a. द्व्यक्ष, दो धुरावाले।

bib[1] n. (बड़ोंके ऊपरी वस्त्रोंकी रक्षा करनेवाले) वस्त्र (एप्रन) का गला; (बच्चोंके सामनेके कपड़ोंको मलिन होनेसे बचानेके लिए) गलेमें बाँधा हुआ वस्त्र, बच्चेकी गतिया, गलेका रुमाल, बिब।

bib[2] n. एक प्रकारकी मछली।

bib[3] v.t. अत्यधिक पान करना, पुनः-पुनः पान करना, अत्यधिक या बहुधा पीना (मदिरा)।

bibber n. मातल, पियक्कड़, पक्का शराबी।

bibbing n. & a. मदिरापान, मदिरापानकी (आदत)।

bibble-babble n. तुच्छ संलाप, छिछली बातचीत; प्रमाद-वार्ता, आलसभरी बातचीत।

bib-cock n. (नलके छोरपर लगी हुई झुकावदार) टोंटी।

bibelot n. कलामयी तुच्छ वस्तु या सुन्दर आभूषण।

Bible n. खीष्टीय धर्म-पुस्तक, धर्म-पुस्तक, (ईसाइयोंकी) बाइबिल, इंजील (का नया या पुराना टेस्टामेण्ट, उनमेंसे एक पुस्तक, उनका विशिष्ट संस्करण); आधिकारिक पाठ्य-पुस्तक।

biblical n. बाइबिल या इंजील सम्बन्धी।

biblicist n. बाइबिल-निष्णात, बाइबिलके ज्ञानमें सर्वज्ञ, बाइबिली।

bibliographer n. ग्रन्थवर्णना-लेखक, ग्रन्थविज्ञानी, साहित्यिक ग्रन्थोंका इतिहासलेखक।

bibliographical a. ग्रन्थ-विज्ञानीय, ग्रन्थोंके समुचित जानकारीसे सम्बन्धित।

bibliography n. ग्रन्थसूची, ग्रन्थवर्णना, ग्रन्थविवरणी, पुस्तक-विद्या, ग्रन्थकारों और पुस्तकोंका इतिहास या संस्करण आदि; पुस्तकतालिका, किसी लेखक, मुद्रक, देश या विषयकी पुस्तकोंकी तालिका।

bibliolater n. बाइबिल या पुस्तकका पुजारी।

bibliolatrous a. ग्रन्थपूजा-सम्बन्धी।

bibliolatry n. ग्रन्थपूजा, बाइबिलका पूजन।

bibliomania, bibliomaniac nn. (दुर्लभ) पुस्तकसंग्रहणोन्माद, पुस्तक संग्रहका प्रबल अनुराग, पुस्तक-संग्रहका चाव या हौका; पुस्तक संग्रही।

bibliophil(e) n. पुस्तक-प्रेमी।

bibliophilism n. पुस्तक-प्रेम।

bibliophilist n. पुस्तक-प्रेमी, किताबोंका शौकीन।

bibliophobia n. ग्रन्थ-भीति, ग्रन्थ-जुगुप्सा।

bibliopole, bibliopoly nn. पुस्तक-विक्रेता; पुस्तक-विक्रय, पुस्तकोंकी बिक्री।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

bibliotheca a. ग्रन्थागार, पुस्तकालय।
bibliothecary n. पुस्तकालयाध्यक्ष, ग्रन्थागाराध्यक्ष।
biblist n. बाइबिलमें निष्णात, इंजीलमें प्रवीण।
bibulous a. अन्तश्चूषी, जलशोषक, पानीचूस, पानीसोख; मद्यपायी, पियक्कड़, शराबी, पीनेका आदी।
bicameral a. द्विप्रकोष्ठविशिष्ट, द्विसदनीय, द्विकक्षीय, दोघरा।
bicarbonate n. (रसा०) उभय-प्रांगारीय; कार्बनक्षार।
bice n. ~ or blue ~, green ~ नीला और हरा रंग; इसी प्रकारका रंग (जो नीले रंगसे बनता है); हलका नीला और हरा रंग।
bicentenary n. & a. द्विशतवार्षिक उत्सव, द्विशतवर्षीय जयन्ती, द्विशती, दो सौ बरसपर मनाया जानेवाला (उत्सव)।
bicentennial n. &. a. द्विशती, द्विशतवार्षिक, द्विशतवर्षीय (उत्सव आदि), दो सौ वर्ष चलनेवाला, दो सौ वर्षपर होनेवाला।
bicephalous a. द्विशिर, दो सिरा, दो-मूँहा, दो सिरोंवाला।
biceps n. (pl.~*es*) दोसिरा पुट्ठा, दोहरा पुट्ठा, दो पुट्ठोंसे युक्त पुट्ठा; पेशिलता, पुष्टता, तगड़ापन, मजबूती।
bichloride n. (रसा०) द्विनीरेय।
bichromate n. (रसा०) द्वि-वर्णीय।
bicipital a. द्विशिर।
bicker v.t. नोक-झोंक करना; कम्पमान् होना; विवाद करना, कलह करना, झगड़ना; (नदी, नाला, वर्षा आदिका) कलकल करना, टपटप गिरना, पट्पट्का शब्द करना; (ज्वाला, प्रकाश आदिका) चमकना।
bickering n. कलह, झगड़ा; स्पन्दन, प्रकम्पन।
bicoloured a. द्विवर्ण, दो रंगोंवाला।
bicuspid n. & a. द्विशिखी, दुनुका, दोशाखा (दाँत), दो नोकवाला (दाँत)।
bicycle n. & v. i. पैरगाड़ी, सायकिल, बाइसिकिल; सायकिल या दो पहियोंवाली गाड़ीपर चढ़ना, चलना।
bicyclist n. साइकिल-सवार, बाइसिकिलपर चढ़नेवाला।
bid[1] n. प्रतिक्रोश, बोली; मूल्यकथन, दाम लगाना; (ब्रिज, ताशका खेल विशेष) (एक निश्चित बारके खेलमें किसी खेलनेवाले व्यक्ति द्वारा हाथ बनाने या सर बनानेकी) संख्याका कथन; *make a ~ for* (ला०) (पुरस्कार, कृपा) प्राप्त करनेकी चेष्टा करना।
bid[2] v.t. & i. आदेश देना, आज्ञा देना; नमस्कार करना (व्यक्तिको) (*~ farewell*); निमन्त्रित करना; प्रतिक्रोश करना, दाम लगाना; नीलाममें बोली बोलना; (ब्रिज नामक ताशके खेल विशेषमें) हाथ बोलना, तुर्प बोलना; घोषणा करना (प्रतिरोध, ललकार अथवा देशनिकालेकी); भेंट करना, स्वीकार करनेके लिए रखना ⊙; ~ding-prayer प्रार्थनासे पहलेका आमन्त्रण; *~ fair to do* आशा दिलाना; *~ welcome* स्वागत करना, समागत-सत्कार करना।
biddable a. आदेश योग्य, आज्ञा करने योग्य, घोषित करने योग्य, बताने योग्य (ताशके खेलमें हाथ); आज्ञाकारी; बाध्य।
bidder n. नीलामी बोली बोलनेवाला।
bidding n. (क्रियागत अर्थोंमें), प्रतिक्रोश, नीलामी बोली; आदेश, आज्ञा; प्रस्ताव; आमन्त्रण।
biddy n. तिर्यग, विहग, पक्षी, पंछी, चिड़िया; कुक्कुटशावक, मुर्गीका बच्चा।
bide v.t. & i. *~ one's time* उत्तम अवसरकी प्रतीक्षा करना, मौका ताकना।
bidental a. द्विदशनी, द्विदन्ती, दो दाँतवाला।
bield n. आश्रय-स्थान; निवास।
biennial १. n. (वन०) दो-साला पौधा, पौधा (जो दो बरस रहे अथवा प्रति दूसरे वर्ष फल-फूल दे); २. a. द्विवर्षजीवी, द्विवर्षीय, द्विवार्षिक, दोसाला।
bier n. शवयान, अरथी, टिकठी, मुर्दा ले जानेकी गाड़ी, खटिया या कट्टा।
bifacial a. द्व्यग्रीक, द्विपृष्ठी, आमने-सामनेके समान भागवाला (परस्पर सदृश)।
bifarious a. द्वि-पंक्तिक; द्वि-पार्श्विक; दो पंक्तियोंवाला, दो पार्श्वोंवाला।
biff १. n. (प्रा०) चाँटा, घूँसा; २. v.t. चाँटा या घूँसा (व्यक्तिको) मारना या लगाना।
biffin n. गहरे लाल रंगका (पकानेका) सेब।
bifid a. द्विशाखी, द्विदर, द्विखण्डित, द्विखण्ड, दो भागोंमें विभक्त।
bifilar a. द्विसूत्रीय, दो सूतोंवाला।
bifocal a. द्विनाभिक, द्विनाभि, द्विसंगमी, दो-फोकसी।
bifold a. दो तहवाला, दो परतोंवाला।
bifoliate a. द्विपत्र, द्विपर्ण, दुपतिया, दो पत्तीवाला।
biform a. द्व्याकार, दो आकारोंवाला।
bifurcate[1] v.t. & i. द्विशाखित होना, दो शाखाओंमें विभक्त करना या होना, दो फाँक करना।
bifurcate[2] a. द्व्यग्र, द्विशाख, द्विधाकृत, द्विशाखाविशिष्ट, दो फाँक किया हुआ।
bifurcated a. द्विशाखित, दो शाखाओंमें बाँटा हुआ।
bifurcation n. द्विशाखन, द्विभाजन, दो शाखाओंमें विभाजन, दो खण्ड या फाँक करनेकी क्रिया, विभक्त करनेका बिन्दु या स्थान; दो शाखाएँ या उनमेंसे एक।
big a. वृहत्काय, महाकाय, बड़ा; वयस्क; महान्, गौरवपूर्ण, प्रभावशाली; गर्वीला; स्फीत; गर्भवती; B~ Ben संसद्की बड़ी घड़ी; *~ end* धुरेके मुड़े हुए भागकी कीलीको घेरनेवाला संयोजक डण्डेका सिरा; ~horn रॉकी पर्वतकी भेड़, पहाड़ी बकरी आदि; *~ stick* ⊙ शक्ति-प्रदर्शन; *~ with young, also ~-bellied* गर्भवती; *get, grow, too ~ for one's boots* (ग्रा०) अहं होना, घमण्ड होना; *look ~* फूलना, अकड़ना; *talk ~* शेखी मारना; *the B~ Three, Five etc.* किसी राष्ट्रके महान् व्यक्ति, बड़े-बड़े।
bigamist n. द्विपत्नीक वा द्विभर्तृका, दो स्त्रियोंसे

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

विवाहित पुरुष अथवा दो पुरुषोंसे विवाहिता स्त्री ।

bigamous a. द्विपत्नीक, द्विपती, दो पति (या दो पत्नी) रखनेवाली (वाला); द्विभार्या वा द्विभर्तृका-संक्रान्त, पत्नी या पतिके जीवित रहते द्वितीय विवाहके दोषका अपराधी।

bigamy n. द्विपत्नीत्व, द्विपत्नी वा द्विपतीकरण, एक पति या पत्नीके रहते हुए द्वितीय विवाह ।

bigeminal a. दो जोड़ेके क्रममें प्रस्तुत किया हुआ ।

bigener n. बच्चोंकी टोपी ।

bigg, big n. जौ, जौकी क्यारी ।

bight n. घुमाव, कटाव (तट अथवा नदी आदिका); गुंभ, क्षुद्र उपसागर, खाड़ी; रस्सीकी फाँसी, गाँसी ।

bigness n. विपुलता, महानता, बड़ापन; गर्व, घमण्ड ।

bigot n. हठधर्मी, कट्टरपंथी, धर्मान्ध, कट्टर व्यक्ति ।

bigoted a. पक्षपातपूर्ण, कट्टर ।

bigotry n. हठधर्मिता, कट्टरता, कट्टरपन, आग्रह, पक्षपात, धर्मान्धता ।

bijou १. n. अलंकारिका, छोटा-सा जेवर; २. a. छोटा, गठा हुआ ।

bike n. मधुमक्षिका-छत्र, ततैयाकी झोंझ (नीड़) ।

bilabial a. द्व्योष्ठी, दोनों ओठोंसे निर्मित होनेवाला ।

bilander a. दो पालवाली नाव ।

bilateral a. उभयपार्श्व, द्विपार्श्व, द्विभुज, दो भुजाओं-वाला, युग; उभयपक्षीय, द्विपक्षीय, दो दलोंके सम्बन्धमें, दो दलोंके बीचमें ।

bilateralism n. उभयपार्श्वता, द्विपार्श्वता; व्यापार-समता ।

bilberry n. नीलबदरी, उत्तरी यूरोपके एक कठोर छालकी पर्वतीय झाड़ीके फल, बिलबेरी ।

bilbo n. (pl. ~*os*) (इति०) खड्ग, खंग, तलवार ।

bilboes n. शृंखला, कड़ी, बेड़ी (कैदियोंकी) ।

bile n. पित्तरस, पित्त, पित्तदोष; असन्तोष; कर्कशता, रूखापन, चिड़चिड़ापन;

~ acid, ~ capillary, ~ duct, ~ pigment, ~ salt, ~ tree.

bilge[1] n. (ग्रा०) कूड़ा, कचरा; तोंद; पीपेका पेट; जहाजके तलमें जमा हुआ कूड़ा-कचरा; नितल, जहाजकी पेंदीका (भीतर या बाहरका) लगभग समतल भाग; ~-keel लुढ़कनेसे बचानेके लिए जहाजके तलमें लगा हुआ शहतीर; ~-water तुन्द जल, जहाजके तलमें एकत्रित गन्दा पानी ।

bilge[2] v.t. & i. जहाजके तलमें छिद्र करना या हो जाना; फुलाना, फूलना ।

bilgy a. नौस्तरगन्ध, महानौकाके निम्न भागसे पैदा होनेवाली दुर्गन्धकी तरह, दुर्गन्धवाला ।

biliary a. पैत्तिक, पैत्त, सपित्त, पित्त-सम्बन्धी ।

bilingual a. द्वैभाषिक, द्विभाषिक, दुभाषिया, दो भाषाओंमें बोला या लिखा हुआ ।

bilious a. पैत्तिक, पैत्त, पित्तातुर, पित्तदोषग्रस्त, पित्त-दोषयुक्त, पित्तदोषवाला, चिड़चिड़ा ।

biliousness n. पित्तदोष, चिड़चिड़ापन, मतली ।

bilk v.t. प्रवंचना करना, परिहार करना, आँखमें धूल झोंकना, ठगना, छलना, धोखा देना; (महाजन या बिलका) देयधन मार लेना ।

bill[1] n. (प्राचीन युगका) एक प्रकारका शस्त्र, एक प्रकार-का गँड़ासा; ~hook एक प्रकारकी हँसिया ।

bill[2] n. चंचु, चोंच, प्लेटीपस (आस्ट्रेलियाकी छछून्दर) का थूथन; लंगरके फलकी नोक; तंग अन्तरीप, पृथ्वीका सागरमें निकला हुआ पतला भाग ।

bill[3] v. i. प्यार करना, चूमाचाटी करना, (चिड़ियोंका) चोंचें मिलाना; ~ *and coo* प्यार करना, एक दूसरेको चूमना ।

bill[4] n. विधेयक, संसद्के अधिनियमका मसौदा ⊙; (कानून) मुकदमेका लिखित वक्तव्य; जूरीका फार्म (*find a true* ~); विज्ञप्ति, विपत्र, आरोपपत्र, घोषणापत्र, विज्ञा-पन-पत्र; देयक, दिये गये माल या सेवाओंके हिसाबकी पुर्जी, बीजक, हुण्डी, बिल; कार्यक्रम; ~-board ⊙ राशि, संग्रह, खजाना; ~-broker, ~-discounter हुण्डीका दलाल; ~-sticking विज्ञापन चिपकाना; ~ of exchange हुण्डी; ~ of fare भोजन सामग्रीकी तालिका; ~ of health स्वास्थ्य-पत्र, जहाजपर चढ़नेके समय संक्रामक रोगोंसे विमुक्त होनेका प्रमाण-पत्र; ~ of lading ⊙ नौभारपत्र, जहाजपर लदे मालकी बिल्टी; ~ *of quantities* किसी इमारतके निर्माणकार्य, मूल्य, लम्बाई, चौड़ाई एवं ऊँचाई आदिका सम्पूर्ण विवरण; ~-poster, ~-sticker विज्ञापन लगानेवाला;

~ book, ~ branch, ~-buying, ~-collector, ~ form, ~ issued, ~ market, ~ payable, ~ receivable, ~ register, ~-selling; ~s clerk, ~s passed, ~s payable, ~s payable book, ~s payable ledger, ~s pending payment, ~s realised, ~s receivable, ~s receivable book, ~s receivable ledger.

bill[5] v.t. देयकांकित करना, देयक बनाना, बिल बनाना; घोषणा करना, विज्ञापन करना, कार्यक्रममें रखना; विज्ञापन-पत्रसे ढक देना ।

billabong n. (आस्ट्रेलियामें) आगे चलकर समाप्त हो जानेवाली नदीकी शाखा ।

billed[1] a. चोंचयुक्त, थूथनदार; नुकीला, नोकदार ।

billed[2] a. घोषित ।

billet[1] n. स्थिति, नियुक्ति, नौकरी; लक्ष्य, गन्तव्य स्थान; पत्रक, निदर्शन-पत्र, सैनिकोंके ठहरानेका आज्ञापत्र; सैनिकोंके जत्थे ठहरानेका स्थान; पिण्डक; *every bullet has its* ~ बिना मौत आये गोली भी नहीं लगती ।

billet[2] v.t. सैनिकोंके लिए स्थान निर्देश करना, (लोगोंके घरोंमें सैनिकोंको) ठहराना, सैनिकोंको ठहरनेके लिए स्थान और भोजन देना ।

billet[3] n. काष्ठखंड, लकड़ीका कुन्दा, ईंधनकी मोटी लकड़ी; छड़, डण्डी, सलाई; खोखले साँचेमें कुछ-कुछ अन्तरपर भरे हुए छोटे बेलनीकृत (लकड़ीके) टुकड़े ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

billet-doux n. प्रणय-पत्रिका, प्यारकी पाती।
billetee n. गृहस्वामी (जिसके यहाँ सैनिक ठहराये जायँ)।
billetor n. सैनिकोंके टिकानेका प्रबन्धक।
bill-head n. शीर्षण्य-देयक, देयक-शीर्षक, व्यापारीके लेखा-पत्रका शीर्षक।
billiards n. नोदिका, अण्टा (हाथी दाँतके गेंदों या विशिष्ट डण्डोंसे कपड़ेसे मढ़े मेजपर खेला जानेवाला खेल), क्रीड़ाविशेष, बिलियर्ड; ~-marker इस खेलकी बाजियोंका हिसाब रखनेवाला।
billingsgate n. कुत्सित भाषा, अपभाषण, आक्षेप, थुक्का-फजीहत, गाली-गलौज।
billion n. अर्ब, अर्बुद, नवख, दस अरब (सं० रा० अ० और फ्रांस); दस खरब।
billow[1] n. ऊर्मि, झाल, बड़ी लहर; (का०) समुद्र, सागर; (ला०) ध्वनि (सेनाकी या अन्य वस्तुकी जो लहरकी भाँति चले)।
billow[2] v.i. तरंगायित होना, तरंगित होना, तरंग उठना, लहराना।
billowy a. तरंगित, तरंगमय, लहरदार।
billy n. आस्ट्रेलियामें बेटलीकी भाँति प्रयुक्त टीनका डिब्बा; संगी; सहयोद्धा।
billy-boy n. वाहन-नौ, व्यापारियोंकी माल ढोनेकी नाव।
billy-cock n. नमदेकी कड़ी गोल अँग्रेजी टोपी, हैट; क्रिकेटके खेलमें गेंद फेंकनेवाला, बौलर।
billy-goat n. छाग, बकरा।
bilocation n. द्विकेन्द्रीकरण, एक ही समय दो केन्द्रोंपर होनेकी शक्ति या इन्द्रिय।
bilocular a. (प्राणि०) द्विगह्वर।
biltong n. धूपमें सुखाये हुए मांसके टुकड़े।
bimanal a. द्विभुज, दो हाथोंवाला।
bimensal a. द्वैमासिक, दो मासमें एक बार घटित होनेवाला।
bimestrial a. द्वैमासिक, दो महीनोंमें एक बार होनेवाला।
bimetallic a. द्विधात्वीय, दुधाती, दो धातुओंसे निर्मित, सोने-चाँदीका।
bimetallism n. द्विधातुमान, द्विधातुता, सोने चाँदीको मिलाकर सिक्के चलानेकी क्रिया या रीति।
bimetallist n. & a. सोने चाँदीको मिलाकर सिक्के चलानेवाला।
bimonthly a. द्वैमासिक, दो महीनेमें एक बार होनेवाला।
bin n. धान्यकोष्ठ, भाण्ड, कठौता, खत्ती, पीपा, अन्न या कोयला रखनेका (लकड़ीका) पात्र; किसी विशिष्ट पीपेकी शराब; टाटका एक विशेष थैला।
binary a. युग्म, द्व्यंगी, दुअंगी, द्विवर्णी, द्विमय, दोहरा, जोड़ेदार; ~ form द्विगतिक, दो खण्डोंमें गतिवाला; ~ measure (संगी०) दोताल, दुताला; ~ system युग्म नक्षत्र-केन्द्र, द्विकतारा।
binate a. युगल, युग्म, द्विगुण, जोड़ेदार।
bind[1] n. (संगी०) दो सुरोंको मिलाकर दिखानेका चिह्न; कोयलेकी तहोंके मध्य कड़ी मिट्टी।
bind[2] v.t. & i. जिल्द बाँधना; पट्टी बाँधना; पुष्प-मुकुट बाँधना; गोटे या लोहेकी छड़ आदिसे गोटा, किनारा लगाना; (बर्फ आदिका) संयुक्त होना, जुड़ना; सम्बन्ध करना, लगा देना; गुँथना, बाँधना; रोकना, जकड़ना; एक साथ रखना या बाँधना; अनिवार्य होना, बन्धन करना; अधिकारको प्रयोगमें लाना; कर्त्तव्यबद्ध किया जाना; रोक अथवा चुंगी लगाना; मुचलका देना; प्रतिज्ञाबद्ध होना या करना, शिष्य होनेकी प्रतिज्ञा करना, पक्का कराना, शर्त कराना; पक्का करना (~ *the bargain*); कोष्ठबद्ध करना; ~ *up* कई पुस्तकोंको एक जिल्दमें बाँधना; half-bound पुस्त और कोनोंपर कपड़ा या चमड़ा लगी जिल्द; *I will be bound* मैं बयानकी सत्यताका साक्षी रहूँगा।
binder n. (क्रियागत अर्थोंमें); बन्धक, बाँधनेवाला, बन्धन आदि; जिल्दसाज, दफ्तरी, जिल्द बाँधनेवाला: समाचार-पत्रों या कागजोंके रखनेके लिए दफ्ती या फाइल; प्रसूताके लिए एक यन्त्र या पट्टी; बाड़, लम्बी बेरनेवाली चीमड़ (बेंत आदिकी) टहनियाँ; बन्धन-शहतीर; घासके पौधेका बन्धन; कटाईकी कलका गट्ठे बाँधनेवाला भाग; पुष्टता हेतु लगाया गया दीवारकी चौड़ाईका पूरा पत्थर।
bindery n. बन्धन-गृह, बन्धन-शाला, जिल्दसाजकी दुकान।
binding[1] n. (क्रियागत अर्थोंमें) जिल्द बनाना आदि; पुस्तकावरण, जिल्द; आवरण, वेष्टन, बन्धन; कच्चे किनारोंकी रक्षाके हेतु पुश्ता, गोट, पट्टी, मगजी।
binding[2] a. अनिवार्य, अवश्यम्पालनीय, पालनीय, लागू; बन्धनकारी, बन्धकारी।
bindweed n. बन्धवल्ली; हरिणपदी, लबलाबी, विभिन्न प्रकारकी लताएँ या बेलें।
bine n. कोंपल, लचीली शाखा, डाल; बेल या लताका तना।
binervate a. द्विपार्श्वास्थिवान्, जिसके दो पसलियाँ हों।
bing n. धान्य-राशि, फसलका ढेर; स्फटिका-राशि, फिटकरीका ढेर।
binge n. पान-गोष्ठी, आपानक; शराबियोंका जत्था या उनका हँसी-मजाक।
bingo n. महामद, अति मादिनी मदिरा, बहुत तेज शराब।
binnacle n. दिक्सूची-धानी, (जहाजके डेकपर) कुतुबनुमा रखनेका बक्स।
binocle n. दूर-दर्शक यन्त्र, दूरबीन।
binocular n. & a. (~s प्रायः बहु०में प्रयुक्त) (रणक्षेत्र या नाटक देखनेकी दूरबीन), उभयाक्ष, द्विनेत्रीय, द्विनेत्र, दोनों आँखोंसे देखा जानेवाला दूरवीक्षण यन्त्र, दूरबीन।
binomial १. n. बीजगणितीय अभिव्यंजना, द्विराशि (संख्या); २. a. द्विपद, द्विपदयुक्त, + या −से संयुक्त, द्विपदकी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

binominal a. द्विसंज्ञक, दोहरे नामवाला, दो नामका; द्विपद, दो पदोंका।

binoxide n. (रसा०) द्वि-जारेय।

bio- जीव (मूलतः यूनानी शब्द)।

bioblast n. (प्राणि०) शुक्राणु; जीवप्रकोशा।

biochemistry n. जीव-रसायन।

biogenesis n. जीव-जनन, जीवोत्पत्तिवाद, जीवसे जीवकी उत्पत्तिका सिद्धान्त।

biogeography n. जीव-भूवृत्त, वनस्पति एवं पशु जगत्का भौगोलिक दृष्टिसे अध्ययन।

biograph n. चलचित्र, सिनेमाका पूर्व रूप, बाइसकोप।

biographee n. चरितनायक, व्यक्ति (जिसकी जीवनी लिखी गयी हो)।

biographer n. जीवन-वृत्तान्त-लेखक, चरित-निवेदक, जीवनी-लेखक।

biographic(-al) a. चरित या जीवनी सम्बन्धी।

biography n. जीवन-वृत्तान्त, जीवन-चरित, चरित, जीवनी; जीवनवृत्त साहित्य, जीवनी-साहित्य; किसी जीवका जीवन।

biologic(-al) a. जैविकीय, जैविक, जीवविज्ञान-सम्बन्धी, प्राणिविज्ञान-सम्बन्धी।

biologist n. जीवशास्त्री, प्राणि(जीव)तत्त्वविद्।

biology n. जैविकी, प्राणिविज्ञान; जीवशास्त्र, जीव-विज्ञान, जीवविद्या, प्राणियों और पौधोंके आकार, गठन, उत्पत्ति और वितरण-सम्बन्धी विज्ञान।

biometrics n. जीवसांख्यिकी।

biometry n. आयु-विज्ञान, आयु-निश्चयन।

bionomics n. जैववासिकी, जंगम एवं स्थावरके वातावरण-प्रभावित जीवनका अध्ययन।

biophysics n. जीवभौतिकी।

bioplasm, bioplast nn. जीवप्ररस, जीवमूल, जीवबीज।

bioscope n. मूक चल-चित्र-पट; जीवेक्ष; बाइसकोप।

biotic a. जैव, जैविक, जीवन-सम्बन्धी।

biotite n. मलाभ्रक, एक जीवाणुकी उपजाति।

biparous a. द्विसूट, दो बच्चे एक साथ पैदा करनेवाली।

bipartisan n. द्विदलीय, दो दलोंसे सम्बन्धित।

bipartite a. द्विसदनात्मक, दुसदनीय; (वन०) द्विभक्त, दोभागी, दो भागोंमें विभक्त (पत्तियाँ); (सन्धि और प्रतिज्ञा-सम्बन्धी कानून) दो सदृश भागोंमें अंकित।

bipartition n. (प्राणि०) द्विविभाजन, दो भागोंमें बँटवारा।

biped n. & a. द्विपदविशिष्ट जीव, द्विपद, द्विपाद (पशु), दोपाया, दोपैरा, दो पैरों (पाँवों) वाला।

bipedal a. द्विपद, दो पैरोंवाला।

bipetalous a. द्विदल, दो पंखुड़ियोंवाला।

bipinnate a. (प्राणि०) द्विपक्ष, दो पंखोंवाला।

biplane n. द्वितल विमान, द्विफलक वायुयान, दुतला हवाई जहाज, दो फट्टेवाला जहाज।

bipolar a. द्विध्रुवी।

biquadratic n. & a. द्विवर्गात्मक (संख्या), चतुर्घात, द्विवर्ग, किसी संख्याका चतुर्गुण, चौगुना, चार गुना; ~ (equation) चतुर्घात समीकार, (समीकरण) जिसमें अज्ञात संख्या द्विवर्गात्मक हो।

biquintile n. किसी नक्षत्रका वृत्तान्तरमें १४४° के कोणपर अवस्थान।

biramous a. द्विशाख, दो विटपियोंवाला।

birch[1] n. भूर्ज, भोजवृक्ष, बेंत, उत्तरी जंगलोंका चिकनी छाल एवं पतली शाखाओंका एक वृक्ष; (~-rod भी) छात्रोंको पीटनेके हेतु प्रयुक्त इसकी छड़ी या बेंत; टहनियोंका मूठा।

birch[2] v.t. बेत्राघात करना, भूर्ज या बेंतकी छड़ीसे पीटना या मारना।

birchen a. भूर्जीय, भूर्जका, भूर्जमय, भूर्जनिर्मित।

bird १. n. खग, विहग, विहंग, पक्षी, चिड़िया; (आ०) युवती; २. v. i. घोंसला खोजना; (घोड़ेका) इधर-उधर सिर मारना; ~-call कूजित, कूजन, चहचहाहट; ~-fancier पक्षिपालक, विहग-विक्रेता, पक्षिवित्, चिड़ीमार, बहेलिया; ~-lime पक्षि-श्लेष, लासा, सरेस, चिड़ियोंके पकड़नेके लिए टहनियोंपर फैलाया हुआ चिपचिपा पदार्थ; ~ *in bush*, सन्दिग्ध, अनिश्चय; ~ *in hand* निश्चय; *a ~ in hand is worth two in the bush* नौ नकद न तेरह उधार; *~s of a feather* एक विचारके मनुष्य, एक थैलीके चट्टे-बट्टे; *~s of the same feather, flock* एक तवेकी रोटी, एक आवाँके बरतन, एक ही थैलीके चट्टे-बट्टे; *~s of the same feather flock together* चोरका साथी गिरहकट, चोर-चोर मौसेरे भाई; ~ *is flown* चिड़िया उड़ गई, कैदी भाग गया; ~ *of Jove* गरुड़; ~ *of Juno* मयूर, मोर; ~ *of night* उलूक, उल्लू; ~ *of peace* पेडुकी, एक प्रकारका पक्षी; ~ *of paradise* उज्ज्वल पक्षविशिष्ट पक्षी, पीलू, न्यूगिनीका अत्यन्त सुन्दर पंखोंवाला पक्षी; ~ *of passage* मौसमी पक्षी, स्थान-परिवर्तन करनेवाला पक्षी; *~'s-eye* छोटे, चमकीले एवं गोलाकार पुष्पवाले पौधेका प्रकार; तम्बाकू (जिसके रेशेदार डण्ठल काटकर उसीमें मिला दिये गये हों); *~'s-eye view* विहंगम दृष्टि, चीलकी दृष्टि, आकाशसे नीचेकी दृष्टि; *give one, get, the* ~ (आ०) सिसकारना, फुफकारना; *little* ~ अज्ञात सूचक, बिना नामका विज्ञापक, मुखबिर; *kill two ~s with one stone* एक पन्थ दो काज; *old* ~ सावधान, चौकन्ना, चौकस (व्यक्ति);

~-carried, ~-catching, ~ cherry, ~ cherry tree, ~ guano, ~ louse, ~-pollinated, ~-shot; ~'s-eye chilli, ~'s-eye maple, ~'s-eye pepper, ~'s-foot, ~'s nest, ~'s-nest fern, ~'s-nest fungus.

birdie n. (गाफ) एक बारमें की हुई बाजी।

bireme n. दुतली प्राचीन नौका, दो मंजिलवाली नाव।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

biretta n. रोमन कैथोलिक एवं कुछ आंग्ल पादड़ी लोगोंकी चौकोर टोपी।

birth* n. जन्म*, पैदाइश; जनन, उत्पत्ति; उपाधि; आरम्भ, मूल, वंश, कुल, जाति; उदय; आभिजात्य, कुलीनता; कुलीन लोग; ~-control सन्तति-निग्रह, उत्पत्ति-अवरोध, जन्म-निरोध; ~day जन्मदिवस, जन्मदिन, वर्षगाँठ; ~day honours राजाकी वर्षगाँठ-पर वितरित उपाधियाँ; ~day suit नग्नदेह, शरीरकी त्वचा, चमड़ी; ~-mark जन्म-चिह्न, लक्षण; ~-place जन्म-स्थान; ~-rate जन्मदर, जनसंख्याके अनुसार बच्चोंकी प्रतिसहस्र उत्पत्ति; ~right जन्मसिद्ध अधिकार; *give ~ to* जनना, जन्म देना, पैदा करना;

~ centenary, ~ certificate, ~ control, ~date certificate, ~-hour, ~ injury, ~ land.

biscuit १. n. अपूपी, बिस्कुट; मृण्मय पात्र; चीनी मिट्टीका सादा बर्तन, (भट्टीमें चढ़ानेके बाद परन्तु वार्निश करने एवं नक्काशी करनेके पूर्व) चीनीके पात्र; सैनिकोंकी तोशकका अर्ध अथवा तिहाई भाग; (in pl.) गरम रोटियाँ ⊙; २. a. हल्के बादामी रंगका; ~-throw (नौवि०) थोड़ी दूरी।

bise n. उत्तरी फ्रांस और स्विटजरलैण्डकी सूखी शीतल उत्तरी हवाएँ।

bisect v.t. द्विभाजन करना, द्विच्छेदन करना, समद्विभाजन करना, समभाग करना, अर्धन करना, दो (प्रायः सदृश) भागोंमें विभक्त करना, आधो-आध करना, दो टूक करना।

bisection n. द्विच्छेदन, द्विसमविभाजन, समद्विविभाजन, समभाग, अर्धन, अर्द्धीकरण।

bisector n. समद्विभाजक, द्विभाजक, अर्धक, दो भाग करनेवाली (द्विभाजक) रेखा।

bisexual a. उभयलिंग, द्विलिंग, स्त्री-पुरुष-उभय-सम्बन्धीय, नर-मादा मिश्रित, स्त्री तथा पुरुष योनिका एक व्यक्तिमें।

bishop n. धर्माध्यक्ष, बड़ा पादड़ी, एक निश्चित क्षेत्रका ईसाई धर्म-शासक, बिशप; मसालेदार शराब; पादड़ीकी टोपीके आकारका (शतरंजमें) पील; ~'s-cap, ~'s-hat, ~'s-leaves, ~'s-weed विभिन्न प्रकारके पौधे; ~ *in partibus (infidelium)* जिसका कोई शासन-प्रदेश तो न हो, पर बिशपके सम्पूर्ण अधिकार प्राप्त हों; *the ~ has put his foot in it* किसी वस्तुका पकते ही जल जाना।

bishopric a. पादड़ीका पद, उसका अधिकार, बिशपी।

Bisley n. सरेमें Nat. Rifle Association की चाँदमारीके लिए प्रयुक्त शब्द।

Bismillah int. खुदा कसम !, अल्लाहके नामपर ! बिसमिल्लाह।

bismuth n. भिदातु, काँसा, कसकुट, फूल (धातु), एक लालिमायुक्त श्वेत धातु;

~ spar, ~ tannate, ~ valerate, ~ white, ~ yellow.

bison n. मार्किन वन्य महिष, गवल, अरना-भैंसा, राकी पहाड़का भैंसा, जंगली साँड़, जंगली बैल।

bisque[1] n. (टेनिसके खेलमें) किसी समय भी बिना बनाये ही एक प्वाइंट प्राप्त करनेका अधिकार।

bisque[2] n. मूर्त्तिनिर्माणके हेतु प्रयुक्त रूखी चीनी मिट्टी।

bissextile १. n. अधिवत्सर, प्रत्येक चतुर्थवत्सर; २. a. अधिदिनीय, प्रति चतुर्थवत्सर सम्बन्धीय, २९ दिनकी फर्वरीवाला (वर्ष)।

bistort n. मांसके रंगके फूलोंवाली काँटीली जड़ी बूटी।

bistoury n. नश्तर, जर्राहकी पतली छुरी, चाकू।

bistre n. & a. कज्जलबभ्रु, काजलसे बना हुआ भूरा रंग विशेष; इस प्रकार रंगा हुआ।

bit[1] n. वल्गा, मुखरी, लगामका दहाना; कुंजीकी झड़, चाबीके दाँत; सँड़सीका काटनेवाला भाग; बरमेकी अनी, नोक, सिरा; रन्देका लोहा, तेग; (ला०) नियन्त्रण, अर्गल, अवरोध, निरोध, रोक; *draw ~* लगाम खींचना, गति धीमी करना; *take ~ between teeth* नियन्त्रणसे बाहर होना।

bit[2] v.t. (घोड़ेके) मुँहमें लगामका दहाना रखना, लगाम लगाना; लगामका आदी बनाना; वशमें करना, रोकना, थामना।

bit[3]* n. चित्रित या वास्तविक दृश्य-खण्ड; वस्तु-खण्ड, टुकड़ा*; ग्रास, कवल, पिण्ड, कौर *(dainty ~)*; थोड़ा (समय) *(wait a ~)*; पुस्तकमें लघु-परिच्छेद; छोटा अमरीकी सिक्का स्पेनके डालरका अंश; ~-~ चुटकला; *a ~* किसी प्रकार, थोड़ा-सा; *a ~ of* कुछ-कुछ; *~ by ~* शनैः-शनैः, अल्प-अल्प करके, धीरे-धीरे, थोड़ा-थोड़ा करके; *~s of* छोटे-मोटे; *do one's ~* किसी काममें अपना थोड़ा-सा भाग सम्मिलित करना; *give a ~ of one's mind* खरी-खरी सुनाना, साफ-साफ कहना, खुलके कहना; *not a ~* किंचिदपि नहीं, कुछ भी नहीं, बिलकुल नहीं; *wait a ~* थोड़ी प्रतीक्षा करें, थोड़ी देर ठहर जाइए।

bitch n. कुत्ती, कुतिया; वृकी, शृगालिका; भेड़िया और लोमड़ीकी मादा; असती।

bite[1] n. दंशन, दंश, घाव, काट, काटा, काटा हुआ खण्ड; मछलीका चारा पाना; पशुओंके लिए घास-पात; वश, पकड़; (ला०) कटुता, तीखापन।

bite[2]* v.t. & i. दंशन करना, (दाँतसे) काटना*; (सर्प, पिस्सू आदिके विषयमें) दंशन करना, डंक मारना; तोड़ना, कुतरना; चटकाकर तोड़ना; (ला०) चारेपर मुँह मारना; पकड़ लेना (लंगर या पहियोंका); खा जाना, मुर्चा खा जाना; प्रतारित करना, वेदना प्रज्वलित करना, पीड़ा देना आदि; (खड्ग आदिका) चुभोना, खुभोना, भोंकना, लगाना; छलना, ठगना, धोखा देकर छीन लेना; *~ off more than one can chew* अपनी शक्तिसे बढ़कर कदम मारना, न सँभलनेवाला कार्य अपने जिम्मे लेना; *~ one's lips* होंठ चबाना, क्रोधावरोध करना; *~ the dust, ground* धराशायी होना, खेत

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

रहना, गिरना और मर जाना; सम्पूर्ण रूपमें पराजित होना; *he ~s the hand that feeds him* जिस पत्तलमें खायें उसीमें छेदें; *bitten with* संक्रामक रोगसे त्रस्त।

biter n. (क्रियागत अर्थोंमें); दंशक, दंशनकारी, कटखना; छली, धोखा देनेवाला।

biting a. (क्रियागत अर्थोंमें); तीव्र, तीखा, चुभता हुआ, काटू, काटता हुआ; आक्षेपक, निन्दापूर्ण।

bitter* १. n. तिक्त शराब, (pl.) तिक्त पेय (पेटके लिए); २. a. & adv. तिक्त, कटु, कड़ुवा*; मर्मभिद्, मर्मच्छिद्, अप्रिय, अरुचिकर, कष्टदायक; निर्दय, निष्ठुर, कठोर, उग्र, विषमय; कड़ाकेका (जाड़ा); ~-cup एक विशेष वृक्षकी छालका पेय; ~-sweet कटुवामधु; कड़वा-मीठा (जिसके अन्तमें कटु तत्त्व या स्वाद हो); काष्ठयुक्त धतूरा; *to the ~ end* अन्तिम समय तक; *the ~s of life* जीवनके कटु अनुभव; *to weep ~ly* करुण क्रन्दन करना, आक्रोश करना, फूट-फूटकर रोना।

bitterish a. कुछ तिक्त, कुछ-कुछ कटु।

bittern n. गोनर्द, ज्योत्स्ना-बक, बकजातीय पक्षी, तितलौवा, (बगुलेकी तरहका) एक पक्षी।

bitterness n. तीक्ष्णता, शुक्तता, कटुता, कठोरता, तीखापन, कड़ुवापन, कड़ुवाहट; महाकष्ट।

bitters n. कटिवरा; कटुभेषज।

bitts n. रस्सी या तार बाँधनेके लिए जहाजके डेकके खम्भे।

bitumen n. (वि०) शिलाजीत; आक्सीजन भरे हाइड्रोकार्बनके प्रकारकासा फिनाइल, पेट्रोल; (खनिज पदार्थ) धूना, डामल और राल मिश्रित एक मसाला, जातुक, बिटूमीन।

bituminiferous a. बिटूमीन-देनेवाला, राल-भरा।

bituminization n. जातुकीयन, (किसी वस्तुको) राल बना देना।

bituminize v.t. जातुकीयन करना, रालसे भरना, रालसे रँगना, बिटूमीन बनाना।

bituminous a. रालमिश्रित, बिटूमिनी।

bivalent a. (रसा०) द्विसंयुज, जिसमें दो रासायनिक गुण हों।

bivalve n. & a. **bivalved, bivalvular** aa. द्विकोष, द्विपुट, दोहरे कोषवाला, दो खोलवाला; कब्जेदार दोहरी पीठवाला (घोंघा); घोंघेकी तरहके कीट, सीपी आदि।

bivalvular a. द्वि-पुट, दो सीपीवाला।

bivious a. द्विदिक्, दो दिशाओंको ले जानेवाला, द्विमार्गी, दो मार्गोंपर ले जानेवाला।

bivouac १. n. दिक्-शिविर, रैनबसेरा, पड़ाव, डेरा; २. v.t. अनावृत स्थानमें रजनी यापन करना, खुले पड़ावमें ठहरना, पड़ाव डालना, डेरा लगाना, सुस्ताना।

bi-weekly a. पाक्षिक, द्वैसाप्ताहिक।

bizarre a. आधा तीतर आधा बटेर, विचित्र, विलक्षण, अद्भुत, गड़बड़, अनोखा, ऊटपटांग; असभ्य, अर्द्धशिक्षित; अमितव्ययी।

bizarreric n. विलक्षणता, अनोखापन, बेतुकापन।

blab १. n. प्रलापी, बकवासी आदमी; रहस्यभेदक व्यक्ति; २. v.t. & i. प्रलाप करना, बकना, बेतुकी बातें करना, बकवाद करना, बड़बड़ाना; रहस्य भेद करना; भण्डा फोड़ना, गोपनीय बातोंको प्रकाशित कर देना, भेद खोलना।

blabber n. जल्पक, पेटका हलका, बड़बड़िया; भेदी, रहस्यभेदक।

black[1] n. कालिमा, काला चिह्न, धब्बा; कालिख, रँगनेका द्रव्य, रोगन, वार्निश; काला रंग; काजल (का कण); काला कपड़ा (वस्त्र) या पोशाक; गेहूँकी कृषिके रोग मधुरिका, गेरुई आदि; हब्शी; *~ will take no other hue* सूरदासकी काली कामरी चढ़ै न दूजो रंग।

black[2] v.t. काला करना; काला रंग चढ़ाना, काली पालिश करना; *~ out* अँधेरा करना, (खिड़की आदिसे) प्रकाश न आने देना; छुपा देना, ढँक देना, मिटाना; *~out* n. अन्धकारीकरण, अँधेरा करना या होना; (ला०) अन्धकारमयता, अन्धकारकी दशा; स्मृतिविभ्रम, विस्मृति; अस्थायी रूपसे अन्धापन (वायुयानमें); v. i. चुँधियाना।

black[3] a. श्याम, कृष्ण, असित, कृष्णवर्ण, काला, अति गहरा रंग (*~ bear*); निष्प्रभ, धुँधला; तिमिर; कृष्णवस्त्रयुक्त, काले कपड़ोंवाला; काली त्वचावाला, काला; मलिन, मैला, गन्दा (वस्त्र, हाथ); अन्धकारावृत; निन्द्य, नितान्त पापी, घातक, दारुण, घोर, संगीन, अत्यन्त बुरा; दुःखद, निराशाजनक, शोकमय; कुपित, क्रुद्ध, उद्विग्न; भयंकर, डरावना (*~-browed*); भर्त्सनायुक्त; ~ and blue नील या श्याम वर्णका, जख्मके रंगका; ~ art टोना, जादू; ~-ball क्लबके निर्वाचनमें 'न' सूचक कृष्णवर्ण गुटिका, वोट देनेमें असम्मति-सूचक काली गोली; ~-beetle भौंरा, गुबरौला; ~berry कृष्णबदरी, कटीला पौदा या उसके बेर (*plentiful as ~ berries*); ~bird कस्तूरक, कोकिल जातीय पक्षी, एक यूरोपीय गायक पक्षी; बेचनेके लिए पकड़े हुए हब्शी (जहाजपर); ~birding हब्शियोंको गुलामके रूपमें बेंचना; ~-board कृष्णफलक, काला पट्ट, काला तख्ता (कक्षामें प्रदर्शन हेतु); ~ book, list काला कारनामा, बहिष्कृत अथवा शंकित पुरुषोंकी सूची; ~-bottom एक अमेरिकन नृत्य; ~ cap मृत्यु-दण्ड सुनानेके समय धारणकी जानेवाली जजकी काली टोपी; ~'cap' एक प्रकारका पक्षी; ~ coffee बिना दूधकी कॉफी; ~ country स्टैफर्डशायरका कुछ धुवाँधार प्रदेश; ~ death प्लेग (से होनेवाली मृत्यु); ~ dog झक, सनक; ~ draught रेचक औषधि, जुलाब; ~ eye चोटसे नीलिमा प्राप्त आँख, काले तारेवाली आँख; ~-face काले मुँहकी भेड़; ~ fellow आस्ट्रेलियाका मूल निवासी; ~ flag समुद्री डाकुओंकी पताका; फाँसी हो चुकनेका चिह्न; B~foot उत्तरी अमेरिकी भारतीय जातिका सदस्य; ~ friar भिक्षु या ईसाई सम्प्रदाय विशेषका साधु; ~guard n. & a.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

कुभाषा प्रयोगकारी, पाजी, लुच्चा, बदमाश; v.t. (किसी-को) :खराब गालियाँ देना, ऐसा-वैसा कहना; B~ Hole कालकोठरी, (कलकत्तेकी कालकोठरी); ~ jack समुद्री डाकुओंका काला झण्डा, भरी हुई बन्दूक; मदिराकी चमड़ेकी बोतल; सोंटा, गदका ⊙: ~-lead पेंसिलका सीसा या सुरमा; ~leg कृष्णजंघा (एक रोग); प्रवंचक, विश्वासघाती, छलिया, धोखेबाज; हड़ताल तोड़नेवाला, हड़तालके समय मालिकका साथ देनेके लिए काम करने-वाला मजदूर; ~mail (इति०) भेद छिपानेकी घूस; v.t. भेद छिपानेके लिए (धमकी देकर) घूस लेना; ~mailer भेद छिपानेके लिए घूस लेनेवाला; ~ Maria कैदियोंके ढोनेकी गाड़ी; (सैनिक व्यंग्य) तेज आवाजसे फटनेवाला बड़ा गोला; ~ mark कलंक, कलंकका टीका; ~ mar-ket चोर बाजार, गुप्त रीतिसे सामग्री बेचनेका काम या बाजार; ~ marketeer गुप्त रूपसे माल बेचने-वाला; ~ marketing चोरविपणि, चोर-बाजारी; ~ pudding डिब्बोंमें भरे हुए पशु-रक्तका ठोस टुकड़ा, दलमा, पशुकी गाढ़ी ठोस चर्बी; B~ Rod महाविभाग, इंग्लैण्डमें उच्च संसदीय प्रवेशक; ~-sheep काली भेड़; कुल-कलंक, नीच मनुष्य, दुष्ट, पाजी; ~shirts काली कमीजवाले, व्यक्तिगत-स्वतन्त्रताके विरुद्ध सिद्धान्तवाले फासिस्ट; ~smith अयस्कार, कर्मकार, लोहकार, लोहार; B~ Watch काली सेना, पल्टन, बयालीसवें हाइलैण्डर्स-की पल्टन; ~-water fever कालाज्वर, कालाजार, कालाबुखार, मूत्रके साथ रक्त आनेका अयनवृत्तका रोग; ~ *and blue* पीटनेसे या चोटसे नीला पड़ा हुआ; ~ *and tan* चितकबरा, काले भूरे रंगका; ~ *and white* लिखित या मुद्रित, स्याहीसे लिखा हुआ; ~ *in the face* नीला (जैसे भावावेश या गला घोंटनेमें हो जाता है); *crimes of ~est dye* घोर अपराध, भयंकर अपराध; *deep in* one's ~ *books* तिरस्कृत, कृपा-दृष्टिसे परे।

blackamoor n. कृष्णवर्ण नर या नारी, काली त्वचा-वाला, काला आदमी, हबशी; काला भुजंग, काला साँप।

blackavised a. (प्रा०) कृष्णवर्ण, काले रंगका।

blacken v.t. & i. कृष्णवर्ण करना, अन्धकारमें आवृत करना, अन्धेरा करना या हो जाना, काला करना या होना; कलंक लगाना, बदनामी करना (किसी व्यक्तिकी)।

blacking n. (क्रियागत अर्थोंमें); जूतोंकी पालिश, जूतों-पर रंग करनेका लेप या रोगन।

blackish a. आनील, ईषत्कृष्ण, कालिमामय, कालापन लिये हुए।

black looks n. उपेक्षा-दृष्टि, तिरस्करण-भावना।

blackness n. कालिमा, श्यामत्व, नीलिमा, अन्धकार, कालापन, स्याही।

bladder n. कुण्डिका, मूत्राशय, मूत्रस्थली; रिक्त वस्ति, वायुपूर्ण गोला, पोला फुकना (अनेक उपयोगोंके हेतु); (ला०) पौधों और समुद्री घासोंका बीजकोष, बोंड़ी, फली; फूली हुई रिक्त वस्तु, हवाका थैला; वाचाल, वातूनी व्यक्ति।

bladdery n. पोला, फुकनेदार।

blade* n. (का०) पत्र, दल, फलक, पत्ता, पत्ती; भालेकी धारके आकारकी चपटी पत्ती; बाली आनेसे पहलेकी घास; (वन०) पत्तीका चौड़ा विस्तृत भाग; किसी यन्त्रका चपटा भाग, पतवार, चप्पू (थापी), बल्ला, बैट, भाला, जहाज चलानेकी पट्टियाँ; फल (चाकू, छेनी, तलवार आदिका); खड्ग, तलवार; प्रसन्नवदन, मस्त-मौला, छेड़खानी करनेवाला; ठिठोलिया, मसखरा।

bladed a. पत्रिल, पत्रमय, दलयुक्त, फलदार, पत्तेदार।

blague n. दर्पीली वार्ता, बकवाद, कूट-फाँद।

blah ⊙ n. प्रलाप, अनर्थक वचन, असंगत बात, बेतुकी बात।

blain n. व्रण, सूजी हुई त्वचा, फोड़ा, फुन्सी।

blamable a. आरोप्य, निन्दार्ह, दूषणीय, निन्द्य, दूष्य, दोषपात्र, निन्दनीय।

blame[1] n. गर्हा, कलंक, आरोप, दोष, अपराध, निन्दा; उत्तरदायित्व; *bear the ~* आरोप या निन्दा सहना; *lay the ~ on* अपराध आरोपित करना, दूषण लगाना।

blame[2] v.t. आरोप लगाना, दोष लगाना, निन्दा करना; उत्तरदायी ठहराना, अपराधी ठहराना; *be to ~* दोषी होना, अपराध या धिक्कारका पात्र होना।

blameful a. गर्हणीय, दोषयुक्त, निन्दापूर्ण; (प्रायः) निन्द्य।

blameless a. अनवद्य, अनिन्द्य, निष्कलंक, निर्दोष।

blamelessness n. अनवद्यता, अवाच्यता, अनिन्द्यता, दोषाभाव।

blameworthiness n. दूष्यता, निन्द्यता।

blameworthy a. दोषार्ह, दूष्य, गर्हणीय, निन्द्य, सदोष, निन्दाके योग्य।

blanch v.t. & i. भय एवं शीत आदिसे पीला करना या पड़ना; विवर्ण करना, शुभ्र करना, शुक्लवर्ण करना, धवल करना, रंग धोकर श्वेत करना, प्रकाश हरण करना; छीलना (पौधोंको); ~ *over* मिथ्यावर्णन या असत्य कथन द्वारा शमन करना, लीप-पोत देना, लीपा-पोती करना।

blancmange n. जेली, पशुओंके चमड़े आदिसे प्राप्त चिपचिपी वस्तु, मछलीका सरेस, दूध आदिकी अपारदर्शक श्वेत मीठी चटनी, मुरब्बा (जेली) आदि।

bland a. स्निग्ध, सौम्य, विनीत, नम्र, कोमल; व्याजोक्तिपूर्ण, व्यंग्यपूर्ण; शान्तिदायक, हलका; ~ in speech मृदुभाषी, प्रियंवद।

blandish v.t. मिथ्या प्रशंसा करना, आदर करना, चापलूसी करना, बहकाना, फुसलाना।

blandishment n. (प्रायः बहु० में) चाटूक्ति, अनुनय, मधुरभाषण, प्रियवाक्य, मीठे वचन, बहलाव, चिकनी-चुपड़ी बातें।

blandly adv. दे० BLAND.

blandness n. सौम्यता, कोमलता; व्यंग्य, हलकापन।

blank[1] n. रिक्ति, प्रलेखोंमें रिक्त स्थान; पालियामेण्टके व्यय-लेखोंमें तिर्यक् मुद्रित शब्द; लाटरीका खाली टिकट; सिक्केकी मुहर या ठप्पा लगानेके पूर्व धातुका फलक या

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

पत्तर; पत्र, पत्रक, फार्म ⊙; अर्थहीन वस्तु, घटनारहित समय; (~ *cartridge*) अक्षर अथवा शब्दके रिक्त स्थानमें रखा गया छपाईका चिह्न।

blank[2] a. निरंक, अलिखित अथवा अमुद्रित (कागज), कोरा, सादा, सफेद; (प्रलेख, प्रमाणपत्र विषयक) हस्ताक्षर या विवरण के हेतु रिक्त छोड़ा हुआ; अपूर्त, रिक्त, खाली (~ *space*); परिणाम-रहित या अभिव्यक्तिशून्य, घटनाहीन, रुचिहीन; किंकर्तव्यविमूढ़, हक्का-बक्का; बेतुका, बेसुरा: मात्र, केवल; ~ cartridge गोलीशून्य कारतूस, बिना छर्रेका; ~ cheque कोरा चेक, सादा चेक; ~ credit कोरी साख; ~ verse अतुकान्त कविता; *in* ~, *drawn in* ~ कोरा, हस्ताक्षर के लिए खाली छोड़ा हुआ; *look* ~ हक्का-बक्का होना, घबराया हुआ दिखायी देना।

blanked a. ग्राम्य शब्दोंके स्थानपर रिक्त।

blanket[1] १. n. कम्बल, ऊनी चादर, लोई; २. a. wet ~ रंगमें भंग डालनेवाला व्यक्ति, बात काटनेवाला; *born on wrong side of* ~ वर्णसंकर, दोगला, खोटा, हरामी;

~ leaf, ~ licence, ~ stitch, ~ weaving.

blanket[2] v.t. कम्बल द्वारा आच्छादित करना, कम्बल ओढ़ाना; दण्डके रूपमें कम्बलमें डालकर उछालना; गला घोंटना, दबाना (बदनामी, प्रश्न आदि); (दूसरी नौकाके आगे पड़कर उसकी) हवा रोकना।

blanket ⊙[3] a. सामान्य, साधारण, सार्वजनिक, अवैयक्तिक, सर्ववर्गात्मक।

blanketing n. कम्बलका कपड़ा; कम्बलमें उत्क्षेपण।

blankly adv. शून्यतः, शून्यदृष्टिसे (*look* ~); निपट, साफ-साफ, बिलकुल (*deny* ~)।

blankness n. रिक्तता, कोरापन, सादापन; घबराहट।

blanky a. रिक्त (जिसमें ग्राम्य शब्दों का स्थान छूटा हो)।

blare n., v.t. & i. चीत्कार, चिग्घाड़, चिल्लाहट, उच्च स्वरमें कथन; तूर्य वाद्योंकी ध्वनि (करना), डमडम करना; डंकेकी चोट कहना, चिल्लाकर या जोरसे बोलना।

blarney १. n. बहकावा, फुसलाहट, लल्लो-पत्तो; २. v.t. & i. बहकाना, फुसलाना, लल्लो-पत्तो करना।

blase a. प्रयुक्त, निर्वापित, बेकार।

blaspheme v.t. & i. धार्मिक निन्दा करना, गाली देना; ईश्वर-निन्दा करना, भक्तिशून्य बातें करना।

blasphemer n. **blasphemous** a. ईश्वरनिन्दक, पाखण्डी, गाली बकनेवाला।

blasphemy n. पाखण्ड, ईश्वरनिन्दा।

blast[1] n. उत्स्फोट, विस्फोट, विस्फोट द्वारा निर्गत भभकन, भभक; सुरंगादि उड़ानेके हेतु प्रयुक्त बारूदका परिमाण; प्रभंजन, झंझावात, झंझा, प्रवाह, धौंक, आँधी, हवाका झोंका, झकोरा; तूर्यनाद, वंशीकी ध्वनि; धातुको गलानेमें प्रयुक्त वायु-धारा आदि; ~-furnace अभिधमन भ्राष्ट्र, वात-भट्ठी, इंजनकी भट्ठी, धौंक्र; *in, out of* ~ चालू या गरम, ठंडी या बन्द (भट्ठी);

~ lamp, ~ nozzle, ~ pipe, ~ pump.

blast[2] v.t. विस्फोटक पदार्थ या बारूद द्वारा (चट्टान आदि) उड़ाना: आकस्मिक दुर्घटना द्वारा आक्रान्त करना; धूलमें मिला देना, नष्ट कर देना, झुलस देना. कुम्हलाना, झुर्रियाँ पड़ना, सुखा देना, उड़ा देना (पौधा, पशु, अवयव, प्रसिद्धि, उन्नति, नाम, चरित्र, आशा); *God* ~ ईश्वरीय कोप आ पड़े, दैवी विपत्ति पड़े।

blasted a. विस्फोटित; तिरस्करणीय, निन्दनीय।

blaster n. अभिघ्माता, उत्स्फोटक, विध्वंसकारी, नाश करनेवाला।

blasting n. अभिधमन, स्फोटन।

blastocolla n. (वन०) कुड्मल-निर्यास।

blastoderm n. कुड्मस्तर, मुकुलत्वक्, रजमें प्राप्त जीवमण्डलकी झिल्ली।

blasto-genesis n. कुड्म-प्रजनन, कली होनेसे पीछे उत्पत्ति होना।

blast-pipe n. अभिधमन-नाल; वाष्प-यन्त्रमें एक नली जो बेकार भापको बाहर निकालती है।

blatancy n. कोलाहल, ऊधम, गुलगपाड़ा।

blatant a. ऊधमी, जंगलीकी भाँति कोलाहल करनेवाला, शोरगुल मचानेवाला।

blate a. लज्जालु, व्रीडान्वित।

blatter v.i. निरर्थक रव करना, प्रलपन करना।

blaze[1] n. अग्निशिखा, अर्चि, प्रभा, ज्वाला, लपट, लौ, लौका; (ग्रा०) (pl.) नरक (*go to* ~*s*); चकाचौंध, तड़क-भड़क, दमक, ठाठ-बाट (~ *of publicity*); उच्छ्वास, विस्फोट, भड़क, जोश (~ *of passion*); *in a* ~ जलता हुआ; *like* ~ तीव्रता से, वेग से।

blaze[2] v.i. उद्दीप्त होना, जाज्वल्यमान् होना, देदीप्यमान् होना, प्रदीप्त होना, जगमगाना, चमकना; प्रचण्ड होना, दहकना, भड़कना, लहकना, जलना; क्रोध या आवेशसे जलना; प्रकाश छोड़ना; चमकीले रंग दिखाना; ~ing indiscretion स्पष्ट अविवेक, उग्र मूर्खता; ~ing scent (आखेट) उग्र गन्ध; ~ *away* गोलियोंकी बौछार मारना; उत्साहपूर्वक कार्य करना; ~ *up* क्रोधावेशसे फट पड़ना, ज्वाला रूपमें भड़क उठना।

blaze[3] n. बैल या घोड़ेके मस्तकपरका श्वेत चिह्न, या छाल काटकर पेड़में बनाये गये चिह्न।

blaze[4] v.t. छाल काटकर (वृक्ष, अतः सड़कमें) चिह्न बनाना।

blaze[5] v.t. घोषणा करना, प्रख्यात करना, प्रसारित करना, (सूचना) फैलाना, डंकेकी चोटसे कहना, ढिंढोरा पीटना, दूर-दूरतक फैलाना; ~ *abroad* समाचारका प्रसार करना।

blazer n. नौका खेनेवालोंकी या गॉल्फ आदिके खिलाड़ियोंकी रंगीन जाकिट; रंगदार बंडी, सदरी, छोटी फतुही; (ग्रा०) सफेद झूठ।

blazing a. देदीप्यमान्, ज्योतिष्मान्, चमकते हुए।

blazon[1] n. कुलचिह्नयुक्त कवच, झण्डा, कुलचिह्नयुक्त ढाल, झण्डेका चिह्न; इनका सही वर्णन; लेख-प्रमाण, वर्णन।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

blazon[2] v.t. कुलचिह्न बताना अथवा बनाना; अभ्यलंकरण करना, शृंगार करना, आभा या सौन्दर्य उत्पन्न करना, रंग-रंगके तथा जड़ाऊ चिह्न आदि द्वारा वस्तुओंको अंकित करना; घोषित करना, प्रकाशन करना, दूर-दूरतक फैलाना; उपयुक्त शब्दोंमें प्रस्तुत करना।

blazoner n. अग्रदूत, हरकारा, उद्घोषक।

blazonment n. आभा, चमक-दमक, जड़ाऊपन; घोषणा, विज्ञापन।

blazonry n. (वर्णन-कला, चित्र कलामें) कुलचिह्न, युद्धचिह्न; सज-धज, तड़क-भड़क, ठाट-बाट।

bleach v.t. & i. विरंजन करना, (धूप या रासायनिक ढंगसे) श्वेत करना या होना;
~-field, ~-ground, ~-house, ~-liquor, ~-man, ~-process, ~-wax, ~-works, ~-yard.

bleacher n. श्वेत करनेवाला; श्वेत करनेमें प्रयुक्त पात्र या रसायन; (प्रायः बहु० में) खेलके मैदानमें दर्शकोंके बैठनेका तख्ता ⊙।

bleachery n. श्वेतन-गृह।

bleaching n. श्वेत-क्रिया या श्वेतन-कला, नीरंजन-कला, वस्त्रोंको रंगहीन एवं श्वेत करनेकी कला; ~ powder चूनेका नीरेय, क्लोराइड; रंग दूर करनेका पाउडर;
~ apparatus, ~ charges, ~ clay, ~ earth, ~ engine, ~ field, ~ ground, ~ liquid, ~ tank.

bleak[1] n. रजतशल्क, नदी और समुद्रकी विभिन्न प्रकारकी छोटी मछलियाँ।

bleak[2] a. निर्जन, उजाड़, वीरान; वर्णहीन, अवर्ण, फीका, बेरंग; हिमशीत, अतिशीत, ठण्ढा; आश्रयहीन, अरक्षित, नंगा, खुला, वायुसे बुहारा या बटोरा हुआ (मैदान आदि)।

bud[1] n. कुड्मल, मुकुल, कलिका, अंकुर, कली, बोंड़ी, डोंड़ी या डोंड़, अँखुआ; किसलय, कोंपल, पुष्प या शाखाका तत्त्वः अविकसित वस्तु, खुली चीज; *in* ~ मुकुलित, मुकुलयुक्त, कलिकायुक्त; *nip in the* ~ आरम्भमें ही विनष्ट कर देना, बढ़ते ही मसल देना, उगते ही कुचल देना; उभड़ने न देना, पनपने न देना;

~ development, ~ scale, ~ shield, ~-sprout, ~-union, ~-wood.

bud[2] v.t. & i. कुड्मलित होना, मुकुलित होना, कली फूटना, कली निकलना; विकसित होना, विकासका प्रारम्भ होना, शुरू करना, खिलना, बढ़ना, पनपना; (प्राणिवि०) GEMMATION की रीतिसे उत्पन्न करना या उत्पन्न होना; (बागवानी) कलम बाँधना, कलम लगाना ।

budded a. (क्रियागत अर्थोंमें), मुकुलित, कलिकायुक्त ।

Buddhist a. बौद्ध, बौद्धमतानुयायी, बौद्धधर्मका माननेवाला ।

Buddhistic a. बौद्ध, बौद्धमत-सम्बन्धी ।

budding a. मुकुलायमान, कलीकी अवस्थामें, कलिकायन ।

Buddleia n. पुंजसुमन, बदलिया, पीतपुष्पों या पीले फूलोंसे युक्त छोटी झाड़ियोंके प्रकार, कई तरहकी पीले फूलोंवाली झाड़ियाँ ।

budge v.t.& i. हटना या हटाना, टलना या टालना, सरकना या सरकाना, पिछड़ना, पीछे आना, पिछड़ाना, दबाना (निषेधार्थक वाक्योंमें) ।

budgeree a. उत्तम, सुन्दर, अच्छा ।

budgerigar n. घास पर फुदकनेवाला एक सुग्गा या (आस्ट्रेलियाई) प्यारी चिड़िया, पालतू पक्षी ।

budget १. n. व्याकल्प, निमान, आय-व्ययिक, बजट; (साधारण) अनुमानित आय-व्यय; (संसदीय) वार्षिक आय-व्ययका अनुमान; झोलेमें धरी वस्तु; २. v.t. ~*for* आय-व्ययकमें स्थान देना, बजटमें रख देना;

~ allotment, ~ appropriation, ~ clerk, ~ department, ~ estimate, ~ expenditure and revenue, ~ grant, ~ head, ~ limits, ~ literature, ~ officer, ~ procedure, ~ programme, ~ provision, B~ Rules, ~ section, ~ subhead, ~ year.

budgetary a. आय-व्ययक-सम्बन्धी ।

budless a. मुकुलहीन, बिना कलीका, बिना गुच्छेका ।

budlet n. कलिका, नन्हीं कली, छोटी कली ।

buff[1] n. &. a. महिष-चर्म, पीला भैंसा चमड़ा, बफ; मनुष्यका चमड़ा, आदमीकी खाल; पाण्डु, प्रपीतरक्तक, मांस-वर्ण, महुए रंग (का), धूमिल पीले रंग (वाला), धूमिल पीला (रंग); (निदान चिकित्सा आदि) ज्वरके रोगीके रुधिरसे ली हुई लसीली तहः ~-coat, ~-jerkin सैनिकों का अंगरक्षक कोट, सिपाहीका पोस्तीन, फतुही (जिस पर तलवारकी चोटका असर नहीं पड़ता); ~-stick, ~-wheel चमड़ा चढ़े हुए पालिश करनेके यन्त्र; ~-tip एक प्रकारका पतिंगा; *in* ~ नग्न, नंगा; the B~s पूर्वी केण्टकी पलटन (खालके पीले रंगके कारण) ।

buff[2] v.t. (चमड़ेको) कोमल बनाना; चमड़ेसे (धातुपर) पालिश करना, बफसे चमकाना ।

buffalo n. (pl. ~*oes*) महिष, भैंस, भैंसा; (भ्रमसे) अमरीकी जंगली भैंसा; जल और स्थल पर चलनेवाली सेनाकी मोटर गाड़ी; द्विधा गतिवाला टैंक; bull ~ भैंसा; ~ calf पँड़वा या पँड़िया; ~ cart भैंसा गाड़ी;

~-beef, ~ black, ~ brown, ~ cardinal, ~ chrome black, ~ currant, ~ garnet,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ plague, ~ rubine, ~'s milk, ~ violet, ~ yellow.

buffer[1] n. रोधक, प्रत्यारोध, संघातसह, गद्दी या कमानीकी रोक, धक्की, टक्कर-रोक, धक्का या झटका रोकनेका यन्त्र; ~ State मध्यवर्ती राज्य; दो राज्योंमें वैमनस्य या मनमुटाव कम करनेके लिए बीचमें बनाया गया छोटा राज्य।

buffer[2] n. (ग्रा०) (प्रायः old ~) अकर्मण्य पुरुष, अयोग्य व्यक्ति, कट्टर या पुराने ढंगका आदमी; (जल०, ग्रा० भी) प्रधान नाविक या माँझीकी पत्नी।

buffet[1] १. n. लहरोंकी टक्कर; भाग्य-चक्र, कर्मका भोग, भाग्य या तकदीर आदिका थपेड़ा, किस्मतकी मार; मुष्टि-प्रहार, चपेट, मुक्का, चपत, घूँसा, थप्पड़; २. v.t. & i. (लहरोंसे) थपेड़ा खाना, लड़ना या टकराना; (किसीके साथ) प्रतिरोध करना, संघर्ष करना, भिड़ना, लड़ना; मुष्टियुद्ध करना, मुक्का, थप्पड़ या घूँसा मारना, चपत लगाना।

buffet[2] n. चीनीके बर्तन रखनेके लिए बनी हुई आलमारी; (*boofa*) शराबघर, जलपान-गृहमें वह स्थान (जहाँसे शराब दी जाती है); उपहार-स्थान; स्वाहार (~ dinner, tea).

buffle-head n. अमरीकी कलंगीवाली बत्तख।

buffo n. विदूषक।

buffoon १. n. वैहासिक, कैलिकिक, विदूषक, ठिठोलिया, भाँड़, मसखरा, हँसोड़, जोकर; २. v. i. हास्यास्पद करना, परिहास करना, ठिठोल करना, भँड़ैती करना, मसखरी करना, दिल्लगी करना।

buffoonery n. हास्य, परिहास, ठिठोलियापन, भँड़ैती, मसखरापन, दिल्लगी।

bug n. मत्कुण, खट्वामल्ल, उणस, खटमल, खटकीड़ा; उद्देश, प्रायः फसलके कीड़े, छोटा कीड़ा, (*harvest* ~); पागलपन, सनक, झक⊙; big-~ महान् व्यक्ति, बड़ा आदमी; ~ house पागल, सनकी, झक्की; ~ hunter कृमिशास्त्रज्ञ, कृमिविशारद; ~sharp⊙ कृमिशास्त्रवेत्ता।

bugaboo⊙, bugbear nn. काल्पनिक भय, हौआ, जूजू; बहकाने या डरानेवाले अन्धविश्वास।

bugger १. n. पुंमैथुनकारी, लौंडेबाज; पुरुष या पशुसे व्यभिचार करनेवाला; भिखमंगा, कुत्ता, शैतान, बदमाश, लुच्चा, यार, जानवर, गधा आदि; वैकृत; २. v.t. ~ *about* आवारा फिरना, घर-घर भटकना।

buggy १. n. पालकी गाड़ी, बग्घी, एक या दो आदमीके लिए छोटी गाड़ी; २. a. मत्कुणयुक्त, खट्वामल्लमय, खटमलसे भरा हुआ।

bugle[1] १. n. रणशृंग, नरसिंघा, भोंपू, सिंधी, तुरही, बिगुल; २. v.t. & i. सतर्क करना, सावधान करना, बिगुल बजाकर पुकारना, बिगुल बजाना।

bugle[2] n. नीलकण्ठी, पौधोंके प्रकार।

bugle[3] n. शीशा नली; कपड़ेपर सजावटके लिए टाँके जानेवाले शीशेके लम्बे दाने।

bugler n. रणशृंगवादक, बिगुलची, बिगुल बजानेवाला।

buglet n. भोंपू, छोटा बिगुल (साइकिलपर लगा रहनेवाला)।

bugloss n. गोरसना, एक प्रकारका फूलदार पौधा।

buhl १. n. पीतल या हड्डीके बेलबूटे या जड़ाव, पच्चीकारी, पच्ची; २. a. जड़ाऊ, पच्चीकारी किया हुआ।

build[1] n. निर्माण-शैली, रचना-विधि, शरीर-रचना, निर्माण, गठन, गढ़न, काठी, बनावट, बनानेका ढंग।

build[2] v.t. & i. निर्माण करना, रचना, घर बनाना; चुनाई करना; रचनामें संलग्न होना, गृह-निर्माणमें व्यस्त रहना, बनानेमें लगा रहना; स्थापित करना, नींव डालना, क्रमशः बनाना, जड़ जमाना, कायम करना; आधारित करना; ~*up, round, in* (किसी व्यक्ति या स्थानको) अवरुद्ध कर देना, चहारदीवारी बना देना, चुन देना, घरोंसे घेर लेना; ~ *upon* विश्वास करना, भरोसा करना, सहारा लेना।

builder n. (क्रियागत अर्थोंमें); राज, सिद्धहस्त शिल्पकार, निर्माण-विशारद, कुशल-निर्माता, भवन बनानेका ठीकेदार।

building* n. (क्रियागत अर्थोंमें); वास्तु, प्रासाद, गृह, भवन*, घर, मकान, महल, हवेली, इमारत; गृहनिर्माण*, निर्माण, बनाना; ~ lease निर्माण-पट्ट, पट्टेदारको भूमिपर गृहनिर्माणकी आज्ञा देना; ~ society गृहनिर्माण-समिति, गृहनिर्माणके लिए सहायता देनेवालोंकी परिषद् या सहकारी संघ;

~ association, ~ byelaws, ~ construction, ~ contract, ~ control, ~ grant, ~ land, ~ lien, ~ line, ~ material, ~ operation, ~ plan, ~ programme, ~ scheme, ~s clerk, ~s erected, ~ site, ~ society, ~ stone, ~ timber, ~ work.

built a. निर्मित, बना हुआ; निर्मापित, बनवाया हुआ।

bulb[1]* n. विद्युत्कन्द, बिजलीका लट्टू*, बल्ब; कन्द, जड़से अंकुर फेंककर निकला एक अलग पौधा; प्याज आदिकी गाँठ, पूती; (श० र० शा०) विस्फार, गोलक, गुल्ला, कुब्बा, गिल्टी; घुंडी, शीशेकी नलीका फूला हुआ हिस्सा।

bulb v. i. पिण्ड-सा बन जाना, गुल्ला निकलना, कुब्बा निकलना, गाँठ या घुण्डी बनना।

bulbed a. घुण्डीदार, गाँठदार।

bulbiferous a. सकन्द, कुब्बेवाला।

bulbiform a. पिण्डाकार, गोलक-सा, घुण्डी-सा, गोल-सा।

bulbous a. कन्दाकृति, कन्दज, कन्दाकार, कन्दी, पिण्डाकार, गोलाकार, घुण्डीदार, कुब्बेवाला, गाँठदार।

bulbul n. गोवत्सक; बुलबुल; कवि, गायक, गवैया, शायर।

bulge[1] n. उदुब्ज, उन्नत या प्रशस्त भाग, उन्नतोदर भाग, उभार, सूजन, शोथ, वरम, उभड़नेकी प्रवृत्ति, फुलाव; (ग्रा०) लाभ; आकार या संख्याओंमें अस्थायी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

विस्तार, वृद्धि ।

bulge[2] v.t. & i. बेडौल उभरना, उभड़ना, सूजना, फूलना; (बोरे आदिको) फैलाना, फुलाना ।

bulginess n. शोथ, सूजन, उभार, फुलाहट ।

bulgy a. सूजा हुआ, उभरा हुआ, फूला हुआ ।

bulimea n. बुभुक्षा, महाशनैषणा, बहुत भूख लगनेका रोग ।

bulk[1] n. (भारी) प्रपुंज, प्रकाय, राशि, समुदाय, समूह, ढेर, जमघट, जमाव; अधिकांश, अधिकांश भाग, अत्यधिक परिमाण, अधिक मात्रा, बड़ा कद; अधिक मात्रा या अंश, बड़ी संख्या; वृहदाकार, वृहद्रूप, बड़ा आकार, बड़ा शरीर, भारी बदन; परिमाण, मात्रा, आकार; जहाजमें लदा हुआ माल; *break* ~ माल उतारना शुरू करना; ~ *not equal to sample* माल आदर्श अथवा नमूनेके समान नहीं; *in* ~ खुली राशि, ढेर, खुला माल; *load in* ~ अनाज, गल्ला आदिका ढेर भरना; *sell in* ~ थोकमें बेंचना, भरा जहाज बेंच देना;

~ allotments, ~ cargo, ~ gallon, ~ head, ~ indent, ~ licence, ~ modulus of elasticity, ~ purchase, ~-rationing, ~ storage, ~-stored grain, ~ supplies.

bulk[2] v.t. & i. (महत्त्व अथवा आकारकी दृष्टिसे) बहुत बड़ा लगना या मालूम पड़ना, ढेरका ढेर जान पड़ना; ~ *up* अधिक मात्रा या परिमाणमें होना, अधिक धन हो जाना, भारी रकम हो जाना; (मछलियोंका) ढेर लगाना, कूरी लगाना, (डिरमें) गाँजना; बक्सोंसे निकालकर (चाय आदिका) वज़न लगाना ।

bulkhead n. खुली दुकान, अटाल, टाल, डिब्बा, खाना; व्यवधान, पर्दा, जहाजके कमरों अथवा डिब्बोंकी विभाजक सीमा अथवा दीवार ।

bulkiness n. गुरुत्व अथवा गुरुता, भारीपन ।

bulky a. महाकाय, विपुल, विशाल, अतिविस्तृत, स्थूल, अतिभारी, गुरु, बड़ा, भारी ।

bull[1] १. n. वृषभ, नरगाय, वृष, साँड़, बर्द्ध, बरदा, बरधा, बैल; नरह्वेल, हाथी तथा अन्य महाकार जानवर; मूल्यारोपी, मूल्य बढ़ानेवाला मनुष्य, सट्टेबाज; लक्ष्य, चाँद; नक्षत्र; २. a. वृषभवत्, बैलका-सा; ~-bitch युवती कुतिया, बुलडॉगकी मादा; ~-calf बछड़ा; बुद्धू; ~-corner बैलोंके आक्रमणसे बचनेके लिए खेतोंके पासका जंगला; ~dog बड़े सरका एक कुत्ता, बुलडॉग; हठधर्मी, जिद्दी आदमी, कट्टर आदमी, जीवटका आदमी; विश्वविद्यालयोंमें प्रबन्धकका नौकर या पिस्तौल; ~doze ⊙ v.t. भयाभिभूत करना; दबाव डालना, दबाना; ~dozer ⊙ भूमि या खेत बराबर करनेवाला पाँचा, पाटा, ट्रैक्टर; धराभीम; ~fight स्पेनमें आदमी और बैलका मल्लयुद्ध; ~finch एक सुन्दर कड़े चोंचकी गानेवाली चिड़िया; ~ fence झाड़ी, जंगला, नालीके किनारेकी निकटतम टट्टी, घेरा; ~head एक प्रकार की बड़े सिरवाली मछली; ~-headed हठी, जिद्दी, सरफिरा, मनमाना काम बिगाड़नेवाला; मूर्ख, गोबर-गणेश; ~-pine पीत सरल; ~-ring बैलों की लड़ाईका अखाड़ा; ~roarer बहुत शोर मचानेवाला खिलौना; ~'s-eye जहाजमें मोटे शीशेका गोल तावदान; छोटी गोल खिड़की; एक तरहकी मिठाई; गोलार्ध शीशेकी लालटेन; गोल मोटा शीशा; लक्ष्य, निशाना, चाँद; ~'s-foot अश्वखुर, एक पौधा; ~ *in china shop* मनुष्य जो (बड़ी असभ्यताके साथ वस्तुओंको) तोड़-फोड़कर रख दे; *take* ~ *by horns* कठिनाइयोंका सामना करना;

~-baiting, ~ beef, ~berry, ~-cart, ~ depot, ~-faced, ~-flower, ~-fly, ~-foot, ~-frog, ~head shark, ~hide, ~-like, ~ liquidation, ~ market, ~-necked, ~nose, ~-nosed ~-run, ~-terrier, ~ trout, ~-voiced.

bull[2] v.t. & i. मूल्यारोपण करना, (मालका) भाव बढ़ानेका प्रयत्न करना; भाव बढ़ानेके लिए सट्टा करना ।

bull[3] n. पोपकी प्राज्ञप्ति, धर्माज्ञप्ति, आदेश, घोषणा, आज्ञा, व्यवस्था, फतवा ।

bull[4] n. अस्पष्ट सूत्र, विरोधी उक्ति, असंगत कथन ।

bull[5] n. शराबके खाली शीशेमें बसाया हुआ पानी ।

bull[6] n. जहाजके डेकका एक खेल, बुल-खेल ।

bulla n. केचुआ ।

bullace n. वीरासक, आलू बुखारा, जंगली आलूचा ।

bullet n. गोलिका, गोली; ~-drawer बावमेंसे गोली निकालनेका यन्त्र; ~-head गोलसिर; काठका उल्लू, गोबरगणेश, बुद्धू, कूड़मग़ज; ~-proof गोलिकाभेद्य, जिसमें बन्दूककी गोली प्रवेश न कर सके ।

bulletin n. विवरणिका, जनसूचनापत्रक, सरकारी विज्ञप्ति या सूचना, बुलेटिन, सरकारी घोषणा, सरकारी विवरण, महत्त्वपूर्ण घटनाओंकी या रोगीकी अवस्थाकी सूचना; आदेश, नोटिस ⊙ ।

bullion[1] n. & a. कलधौत, सिक्का ढालने या गलानेके पूर्वका सोना या चाँदी, (ढालने या गलानेसे बढ़े हुए दामके अतिरिक्त) सोना-चाँदी; धातुमुद्रा; सोने या चाँदीकी ठोस ईंट; पासा, शुद्ध स्वर्ण या रजत(का) ।

bullion[2] n. कलाबत्तूकी झालर, कामदार झालर, सोने-चाँदीके तारकी किनारी ।

bullionist n. धातुमुद्रावादी, धातुकी मुद्राका समर्थक, सोने-चाँदीके सिक्केके रिवाजका समर्थक ।

bullock n. वृषभ, बैल, बद्धी या बधिया बैल या बरदा;

~ attendant, ~-cart, ~-cart wheel, ~-drawn implements, ~-driver, ~-gear, ~-load, ~-operated implements, ~'s-heart, ~-shed, ~ shoesmith, ~'s lungwort.

bully[1] n. निर्दयी पुरुष, उपद्रवी, आततायी, कलहकारी, दाम्भिक, अत्याचारी, आतंकी, उद्दण्ड, गुण्डा, धौंसिया, दंगायी, लड़ाका; किराये या भाड़ेका गुण्डा; शठ, दबंग, शूर ।

bully[2] v.t. भयाभिभूत करना, आतंकित करना, अत्याचार करना, धमकाना, डराना, धमकाकर काम कराना

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

या कामसे अलग रखना; कष्ट देना, पीड़ा पहुँचाना, दुःख देना, सताना; ~ *off* (हाकीके मैचमें खेल प्रारम्भ करते हुए मैदानके बीचमें गेंद रखकर) बुली करना।

bully[3] n. फुटबालके खेलमें खिलाड़ियोंकी छीना-झपटी।

bully[4] n. डब्बेका गोमांस।

bully[5] a. & int. विशिष्ट, उत्तम, मुख्य, बढ़िया, प्रथम श्रेणीका; विरल, अतुल्य ⊙; ~ *for you, him* बहुत अच्छे रहे, शाबाश।

bulrush n. एरका, शर, सेवार, पानी या दलदलमें पैदा होनेवाली बड़ी लम्बी घास।

bulwark n. कृत्रिम बन्दरगाह, बाँध, ऊँची सड़क; जहाजकी दीवारका डेकमें ऊपरका भाग; वप्र, प्राकार, प्राचीर, कोट, दुर्ग, टीला, परकोटा, रोक, बचाव, धुस, किलेकी भीत; बचावके लिए प्रयुक्त व्यक्ति या सिद्धान्त।

bum[1] n. नितम्ब, पृष्ठभाग, चूतड़; ~ अथवा ~-bailiff गिरफ्तारीके लिए नियुक्त दीवानी अदालतका कर्मचारी, बम-पुलिस, कुर्क-अमीन; ~-boat खानपानका सामान जहाज पर ले जानेवाली नाव।

bum[2] १. n. (ग्रा०) आवारा, आदी घुमक्कड़, लोफर ⊙, (*go on the* ~ जाति शोषक, जातिनाशक, जातिपर भारस्वरूप होना); २. v. i. गुन-गुन शब्द करना; समय नष्ट करना, व्यर्थ समय गँवाना, वक्त काटना, आवारा फिरना, लोफरी करना, विचरना, भटकना; सोखना।

bum[3] ⊙ a. दूषित, निःसत्त्व, दुर्गन्धि-पूर्ण, सड़ा हुआ।

bumble n. कुर्सीका शेर, कुर्सीका बाघ, कुर्सीका टर्रा, घमण्डी पदाधिकारी; किसी व्यवसाय-संघ या कम्पनीका नौकर, जमादार।

bumble-bee n. गुंजमधुमक्षी, गुंजमक्षी, वृहदाकार मधुमक्षिका, एक बड़ी मधुमक्खी।

bumbledom n. अधिकार-मद, पदका घमण्ड, ओहदेका घमण्ड; जमादारी।

bumble-puppy n. ह्विस्ट (ताश), टेनिस आदिका खेल (जो बेकायदे खेला जाता हो); बम्बल पपी, ऐसा खेल जिसका गेंद खम्भेसे लटका रहे।

bumf n. (ग्रा०) लेख्य, प्रलेख, कागज-पत्र, कागजात, दस्तावेज; कागज बनानेका साँचा; (ग्रा०) टट्टीका कागज, अवदस्तका कागज।

bumkin n. बल्ली, शहतीर।

bummel १. n. स्खलन; समय-अपव्यय; भूल; २. v.i. अस्पष्ट प्रलाप करना; भूल करना; टालना।

bummer ⊙ n. यायावर, आवारा, घुमक्कड़, लोफर।

bump[1] n. चोट, धम, टिप्पा, धमाका (जिसमें धमसे आवाज आये); टक्कर, झटका, खटका, धक्का; स्फोट, गण्ड, शोथ, सूजन, उभाड़; मस्तिष्ककी विशेषता (जो इसके उभारसे प्रकट होती है), खोपड़ीका उभार, तिनमुण्डा; विमानके संचालनमें वायुके दबावसे व्यतिक्रम, हवाई जहाजके उड़नेका झटका; पिछली नावका दौड़में अगली नावको छू लेना; ~-ball क्रिकेटकी गेंद (जो बैटके समीप बड़ी दृढ़ताके साथ फेंकी जाय और जो उछलकर आगे निकल जाय; ~-supper नाव-दौड़के जीतनेका भोज।

bump[2] १. v.t. & i. टक्कर खाना, धक्का खाना या ठोकर खाना, धमाकेसे या धड़ामसे जा पड़ना; धक्केके साथ आगे लुढ़कना; सर टकराना; आघात करना, टक्कर मारना, ठोकर मारना, (आदमी, बक्स आदिको फर्श आदिपर) दे मारना, फेंकना, ढकेलना, टकराना, ठुकराना; किसीका हाथ-पाँव पकड़कर उसे दीवालसे टकराना या फर्शपर पटक देना; (नाव-दौड़ आदिमें) धक्का देकर या धकियाकर जा पकड़ना, जा लेना; (क्रिकेट-बॉलका) जमीनपर टिप्पा खाकर एकबारगी उछलना; २. adv. धमसे, जोरसे; एकाएक, एकबारगी; ~ *off* ⊙ हत्या करना, मौतके घाट उतारना, हिंसापूर्वक हटाना, मार डालना।

bump[3] १. n. बगुले या तितलौयाका शब्द; २. v. i. ऊँचा शब्द करना, बगुलेका-सा शब्द करना, वैसी बोली बोलना।

bumper n. (क्रियागत अर्थोंमें); मदिरा-परिपूर्ण पात्र या प्याला, सुरापूर्ण चषक, शराबसे लबालब भरा गिलास; (ग्रा०) असामान्य या अत्यधिक पदार्थ, भरीपूरी (नाट्यशाला या फसल); (ह्विस्ट खेलमें) दो बाजियोंकी जीत; (मोटरकी) टक्कर, रोक, बम्पर।

bumpiness n. विषमता, झटका, ठोकर।

bumpkin n. असभ्य, ग्रामीण, देहाती, गँवार, भोंदू, झेंपू, घामड़।

bumptious a. दुराग्रही, अहंकारी, दम्भी, हठी, डींगमार, बनतू।

bumptiously adv. अहंकारपूर्वक, दम्भपूर्वक, दुराग्रहपूर्वक, हठपूर्वक, डींगके साथ।

bumptiousness n. दुराग्रह, हठ, अहंकार, दम्भ, डींग, बनतूपन, जिद्द।

bumpy a. विषम, झटका पैदा करनेवाला, रोड़ेदार, झटकेसे भरा हुआ, ठोकर देनेवाला।

bun[1] n. बन्द, मुलायम छोटी मीठी टिकिया (केक); छोटी केकका-सा केश-शृंगार; hot cross ~ सलीब चिह्नसे युक्त मार्चके पवित्र शुक्रवारको खाया जानेवाला केक।

bun[2] n. शशक, खरगोश या गिलहरी (का मानवीकृत नाम)।

bunca n. कृत्रिम रबर, रासायनिक रीतिसे तैयार किया हुआ नकली रबर।

bunch[1] n. स्तबक, गुच्छक, गुच्छ, घौद, गुच्छा (फूल, फल, अँगूर, कुंजियोंका); राशि, ढेर, संघ, समुदाय, झुण्ड, गिरोह, गुट, ढेर, मण्डली, भीड़, जत्था, टोली, समूह, दल, गोल (*best of the* ~) ⊙; मुट्ठी भर ⊙ (जैसे, ~ *of tickets*); ~ *of fives* (ग्रा०) बद्धमुष्टि, मुष्टिका, मुट्ठी, पंजा, हाथ।

bunch[2] v.t. & i. गुच्छेमें उगना, गुच्छा या घौद बनाना; वस्त्र तहियाना, पोशाक समेटना; इकट्ठा होना, सिपाहियोंका गड्डमड्ड हो जाना;

~-flower, ~-flower family, ~ grass, ~-planting, ~ type.

bunchy a. गुच्छेदार, घौददार; पंजेदार।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

buncoed a. ⊙श्रान्त, क्लान्त, थका हुआ; वंचित, प्रतारित।

bunco-steerer ⊙ n. धूर्त, ठग, धोखेबाज।

bund n. बन्ध, बाँध।

Bundesrat n. जर्मनीमें एक संयुक्त परिषद्, विधान परिषद्।

bundle[1] n. छड़ियों, लाठियों, छड़ोंका गट्ठा, समानान्तर धमनियोंका समूह; लच्छा, सूतकी बीस लच्छियोंकी गट्ठी; पोटलिका, पूला, पोटल, पोटरी, पुलिन्दा, गट्ठी, गट्ठर, गठरी, बण्डल।

bundle[2] v.t. & i. पोटलन करना, पोटली बाँधना, गट्ठा बनाना, गठरी बाँधना, बंडल बनाना; अस्त-व्यस्त रूपसे फेंकना, इधर-उधर या नीचे-ऊपर फेंकना; निकाल बाहर करना, चलता करना; नौ-दो ग्यारह होना, रफूचक्कर होना, चलता बनना; टालना।

bung[1] n. पिधाय, ठेठी, ठेपी, डाट, काग, कार्क, डाट; (ग्रा०) मिथ्या, असत्य, झूठ; ~-hole पीपेका मुँह।

bung[2] v.t. पीपेका मुख बन्द करना, पीपेमें डाट लगाना, ठेठी लगाना, ठेठीसे बन्द करना; (ग्रा०) पत्थर फेंकना; *eyes ~ed up* शोथ या सूजनसे बन्द आँख, कीचड़ या चीपड़से बन्द आँख।

bungalow n. पर्यलिन्द, बंगालय, बँगला।

bungle १. n किंकर्त्तव्यविमूढ़ता, व्याकुलता, आकुलता, घबराहट; घोर भूल, गोलमाल, घपला, गड़बड़; भद्दापन, अनाड़ीपन, फूहड़पन; २. v.t. & i. विफल होना, असफल होना, कामको पूरा न कर पाना, काम बिगाड़ना, गड़बड़ करना, भूल करना, चूकना, गलती करना।

bungler n. बुद्धू, कच्चा, गड़बड़िया, भद्दा, अनाड़ी, घपला करनेवाला, फूहड़।

bungling n. घपला, गड़बड़, गोलमाल।

bunion n. पादशोथ, पैरकी सूजन।

bunip n. पौराणिक देव (आस्ट्रेलियाका)।

bunk[1] n. शायिका, काष्ठपट्ट, दीवारसे लगा हुआ सोनेके लिए तख्ता या पटरी (रेलगाड़ी या जहाजमें), बर्थ; शयनकक्ष, सोनेका कमरा।

bunk[2] v. i. अथवा *do a ~* पलायन करना, लुप्त होना, नौ दो ग्यारह होना, सरक जाना, भाग निकलना, रफूचक्कर होना (ग्रा०)।

bunk[3] n. बकझक, अनर्गल बात, व्यर्थ वाक्य, निरर्थक शब्द, बकवाद; प्रतारणा, वंचना, कपट, छल, पाखण्ड, धोखा, बनावट।

bunker १. n. (सेना०) आन्तभौम, तलघर, तहखाना; गॉल्फके मैदानमें रेत भरे गड्ढे; कोष्ठ, जहाजकी कोयला-कोठरी; २. v.t. गेंदको गड्ढेमें डालना, तलघरमें फँसाना; (ला०) विपत्तिमें झोंकना, संकटमें फँसाना, कठिनाइयोंमें डालना।

bunkum, -combe n. युक्त्याभास, हेत्वाभास, सत्याभास, वाक्छल, अनर्गल प्रलाप, सारशून्यता, वाग्मिता या वाचालता, शब्दाडम्बर, व्यर्थ बकवास, छल, कपट, ढकोसला, पाखण्डपूर्ण बात, बेकार बकबक; वाह-वाह सुननेके लिए दिया गया भाषण या बातें।

bunny n. खरगोश (शशक) का प्यारका नाम; ~-hug अमरीकी नृत्य।

Bunsen('s) a. हाइडेलबर्गके प्रोफेसर बुन्सेनका अनुसन्धान।

bunt[1] n. बिवर, कोटर, खोह, खोटर, पोली जगह; पालका मध्य भाग, पालका फूला हुआ भाग; मछली पकड़नेके जालका फूला हुआ भाग; ~-line पालको लपेटनेमें उसके फूले हुए भागका घेरा।

bunt[2] n. कृष्णिका, गेरुई, गेहुँआ रोग।

bunt[3] १. n. (अमेरिकी राष्ट्रीय खेल बेस-बालमें) हलकी ठोकर; (विमानचालनमें) (धुरीपर आधा घूम लेनेके बाद जहाजका बाहरकी) ओर आधा चक्कर; २. v.t. & i. बल्ला घुमाये बिना गेंद रोकना; विमानचालनकी उपर्युक्त विधिसे चक्कर लगाना।

bunting[1] n. भारीट, छोटी चिड़ियोंकी एक जाति; भूरे रंगका दस पैरका समुद्री केकड़ा।

bunting[2] n. वेतुवसन, ध्वज, झण्डा, झण्डी, झण्डी बनानेका रंगीन कपड़ा या कागज।

buntings ⊙=BUNTING.

bunya n. वन्य अन्न, आस्ट्रेलियाका एक धान्यविशेष।

buoy[1] n. उत्प्लवन, पैराक पीपा, जहाजका मार्ग और पानीके अन्दरकी चट्टानों आदिको दिखलानेवाला लंगरपर बँधा हुआ पीपा; (*life ~* भी) डुबन-रोक; शरीरको हलका बनानेवाली कोई वस्तु; (ला० भी) पैराक वस्तु (अर्थात् जिसकी सहायतासे मनुष्य तैरता रहे)।

buoy[2] v.t. (समुद्रमें) पैराक पीपा लगाना, (मार्ग बतानेके लिए) पैराक पीपे रखना; जल-तलपर लाना, पानीसे उभारना; प्रवाहित रखना, तैराते रखना, बहाते रहना; (मनुष्य, साहस आदिको) स्थिर रखना, उठाना, सँभालना; उत्साहित करना।

buoyage n. तैराक पीपोंका लगाना।

buoyancy n. उत्प्लावित्व, उत्प्लाविता, तरणशीलता, तैरने या तैरानेकी क्षमता; (रसा०) आपेक्षिक लघुता, तरल पदार्थमें डालनेसे भारमें कमी; लोच, लचीलापन, लचक, कमीको पूरा करनेकी क्षमता (मदिरा, मूल्य आदिकी)।

buoyant a. उत्प्लावी, प्लवनशील, तरणशील, तैरनहार; उदितव्य, उठने योग्य, सँभालनेवाला, उभारनेवाला; लोचदार, लचकदार; प्रफुल्ल, उत्फुल्ल, उल्लसित, प्रसन्न-चित्त, प्रसन्नवदन, हलका-फुलका।

buphaga n. कृम्याहारी पक्षी, एक प्रकारकी चिड़िया जो चौपायोंमें पैदा होनेवाले कीट खाती है।

bur, burr n. कण्टपीनाक, बेंत या चीड़का मादा फूल, पौधा जिसके फूल या फलियाँ चिमट जायँ; बीजका कण्टकमय आवरण; चीमड़, ढीठ आदमी।

Burberry n. बरबरी नामके कारखानेका बना हुआ बरसाती या पनरोक कपड़ा।

burble १. n. कष्ट, आवेश; २. v. i. कष्ट देना; (क्रोधसे) खौलना, उबलना, घबराना; (प्रसन्नतासे) विह्वल होना, छलकना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

burbot n. कण्टिनी, बामकी तरहकी चपटे सिरवाली एक मछली।

burden[1], **burthen** nn. भार, बोझ (वस्तु अथवा श्रमका एवं कर्त्तव्य या चिन्ताका); दायित्व; अनिवार्य व्यय; वहन, ढोलाई; वाहिता, जहाजकी ढोनेकी क्षमता या जहाजकी समाई; दैववाणी, आकाशवाणी, दुर्भाग्य; समवेत गायन (कोरस); गीतकी टेक, कविता या पुस्तक या भाषण आदिकी प्रमुख विषय-वस्तु; (कानून) ~ *of proof* प्रमाण-भार, सिद्ध करनेका भार।

burden[2], **burthen** v.t. (ला०) भारग्रस्त करना, बोझ डालना, भार डालना, लादना, दबाना, भार रखना; पीड़ित करना।

burdensome a. भारभूत, प्रपीड़क, कष्टप्रद, कष्टकारक, कष्टदायक, भारन, भारी, बोझिल, बोझीला, थकानेवाला।

burdensomeness n. बोझिलपन, भारीपन।

bureau n. (pl. ~*eaux*) कार्यालय, आलय, राजकीय विभाग, दफ्तर; लेखन-स्थान; दराजदार मेज, लिखनेकी ढालू तख्तेकी छोटी मेज (डेस्क, जिसमें कागजात रखनेके कई खाने होते हैं); ड्रेसिंग टेबल ⊙; ~ *of information* ⊙ सूचना (पूछ-ताछ) कार्यालय।

bureaucracy n. अधिकारितन्त्र, कर्मचारी राज्य, नौकरशाही; केन्द्रीकरण, केन्द्रचालित शासन-पद्धति; अमात्यतन्त्र।

bureaucrat n. अधिकारतन्त्री, पदाधिकारी, अधिकारमन्त्री, प्रधान सरकारी कार्य-सम्पादक, नौकरशाह।

bureaucratic a. नौकरशाही, अधिकारतन्त्र-सम्बन्धी।

bureaucratism n. केन्द्रीयसत्तावाद, नौकरशाही।

bureaucratist a. सत्तावादी।

burette n. द्रवमि, द्रवमापक नली, तरल पदार्थकी अल्प मात्रा नापनेकी चिह्नित काँचकी नली, ब्यूरेट;
~ brush, ~ cap, ~ clamp, ~ clip, ~ cover, ~ float, ~ jet, ~ reader, ~ stand, ~ stopcock.

burg n. दुर्ग (ऐसा नगर जिसके चारों तरफ किलेबन्दी हो)।

burganet n. शिरस्त्राण, लोहेकी टोपी।

burgee n. नौध्वज, विहारनौकाकी झण्डी, डोंगी आदिकी पताका।

burgeois n. मध्यम वर्ग, मध्यवित्त जन।

burgeon, bourgeon १. n. कुड्मल, मुकुल, कली; किसलय, कोंपल; २. v.t. कुड्मलित होना, मुकुलित होना, कली फूटना, अंकुर आना, अँखुआ निकलना, कोंपल निकलना, कलियाना, फूटना, उगना।

burgess n. (इति०) संसदमें विश्वविद्यालय अथवा नगरका प्रतिनिधि; पौर, पुरवासी, नागरिक, पूर्ण नागरिक, अधिकार प्राप्त नगरनिवासी, शहरी।

burgh n. पुर, स्कॉटलैण्डका स्वायत्त नगर, वर्ग।

burghal a. 'वर्ग'-सम्बन्धित, नागरिक।

burgher n. (प्रा०) पौर, पुरवासी, नागरिक, नगरवासी, शहरी।

burglar n. सन्धिच्छेदक, सन्धिभेदक, सेंधमार, सेंध-चोर।

burglarious a. सेंधमार, सेंधमारका।

burglarized ⊙ a. सेंधमारकर चोरी किया हुआ।

burglary n. सेंधमारी, सन्धिभेदन।

burgle v.t. & i. सेंध मारना, सेंध फोड़कर घरमें घुसना अथवा उसे लूटना।

burgomaster n. (हालैण्ड या जर्मनीके नगरका) नगरप या सभापति; (हालैण्ड या जर्मनीके नगरका) नगराध्यक्ष, नगरसेठ, नगरस्वामी, मेयर।

burgonet n. लौहशिरस्त्राण, अयश्शिरोवर्म, फौलादी टोपी।

burgoo n. (नौवि०, ग्रा०) दलिया, लपसी।

burgrave n. पाश्चात्य-सामन्त, कुछ योरोपियन देशोंके जागीरदार या किसी किले अथवा जिलेका शासक, कोटपाल।

Burgundy n. फ्रांसमें बरगण्डी नामक स्थानकी बनी हुई मदिराके प्रकार।

burial n. शवाधि, शवाधि-स्थान, समाधि; अरथी; अन्त्येष्टि-क्रिया, मिट्टी देना, पृथ्वीमें गाड़ना; ~ ground समाधिस्थल, कबरिस्तान; ~ service अन्त्येष्टि प्रार्थना, नमाज-जनाजा।

burin n. क्षोदनयन्त्र, ताम्रपत्रलेखनी, खोदनी, ताँबेपर खुदाई या नक्काशी करनेका औजार।

burinist n. ताम्रपत्रलेखक, नक्काश।

burke v.t. (पुस्तक अथवा अफवाह) शान्त करना, बाहर न निकलने देना, दबाना; (प्रकाशन, विज्ञापन अथवा जाँच आदिको) दबा देना, बन्द करना, रोक देना, टालना, छिपाना, इधर-उधर करना, गला घोंट देना।

burl n. पट-ग्रन्थि, कपड़ेके किनारेपरकी गाँठ।

burlap n. शणक, मोटी किरमिच, मोटा टाट।

burlesque n. & v.t. & a. प्रहसन, स्वाँग, व्यंग्यचित्र, अनुकरण-रचना, हास्यजनक प्रबन्ध, पैरोडी; हास्यजनक, अतिशयोक्ति, शब्दजाल, शब्दाडम्बरपूर्ण, शब्दाडम्बर, शब्दाडम्बरयुक्त, हँसी; ठिठोलिया, ठट्ठा, ठट्ठा करना; (अनुरंजन या परिहासके लिए) अनुकरण, अनुकरण करना अथवा अनुकरणशील, नकल, नकल करना, नकलबाज।

burliness n. हृष्टपुष्टता, पुष्टता, हट्टाकट्टापन, भारीपन, मोटाई।

Burlington House n. लन्दन-स्थित भवन-विशेष (जहाँ Royal Academy, British Academy और British Association का प्रधान कार्यालय है)।

burly a. हृष्टपुष्ट, दृढ़, शक्तिवान्, बलवान्, स्थूलकाय, हट्टा-कट्टा, मोटा-ताजा, मुस्टण्डा।

Burmese n. & a. अथवा Burman ब्राह्म, ब्रह्मनिवासी, बरमी, ब्रह्म देशका; बरमी बोली, ब्रह्मीभाषा।

burn[1] n. छोटा नाला।

burn[2] n. दग्ध, दाह, जलन, छाला, दाग।

burn[3]* v.t. & i. प्रचण्ड होना, दहकना; दग्ध करना, ज्वलन करना, दाह करना, भड़काना, जलाना*, फूँकना;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

आगसे जलाकर मार डालना, जल मरना; जलाकर छेदना; (लैम्प, बत्ती, मोमबत्ती, गैस, तेल आदिका) भड़कना, जलना*; (ईंटा, चूना या लकड़ीके कोयलेको) दाह या गर्मीसे कड़ा करना; आग या अधिक दाहसे जलाना, जल जाना, दागना; तपे लोहेसे दागना; भोजन बनानेमें झुलसना, झुलसा देना, पकनेके बर्तनमें जलकर चिपक जाना; तेजाब खाना, तेजाबसे उड़ाना; दाह या तापका अनुभव करना या कराना; गर्म करना, गर्म होना, क्रोध आना, क्रोध दिलाना; चमकना; उत्कण्ठा करना या होना; शुष्क करना या होना, सुखाना, सूखना; धब्बे डालना, धब्बे पड़ना; चमड़ेको कमाना, रँगना; आविष्कार या सत्यके पास पहुँच जाना; ~ing glass सूर्यकान्त, सूर्योपल, ज्वालक काँच, दाहक काँच; ~ *away* भस्मीभूत होना या करना, जला डालना, जलाकर राख कर डालना; ~ *blue* नीला प्रकाश देना; ~ *candle at both ends* (रुपया, पैसा तथा शक्ति आदिका) अधिक व्यय करना, दोनों हाथों लुटाना; ~ *daylight* दिनमें कृत्रिम प्रकाशका प्रयोग करना; अपव्यय करना; ~ *down, low* भस्मीभूत करना, धीमे जलाना, सुलगाना; ~ *in, into* पत्थरकी लकीर होना, अमिट होना; धँस जाना; ~ one's *boats* अटलतासे किसी कामपर डटा रहना; किसी काममें पूरी शक्ति लगा देना; ~ one's *fingers* दूसरेके झगड़ोंमें पड़कर हानि उठाना; ~ *out* सब कुछ स्वाहा करना, जलाकर राख करना; ~ person *out* आग लगाकर किसीको बाहर निकालना; ~ *the midnight oil* बहुत देर तक काम करना; ~ *the water* मशालके प्रकाशकी सहायतासे मछलीका शिकार करना; ~ *up* भस्मीभूत करना, शुष्क करना, अग्निसे जलाकर छुट्टी पाना, जला डालना; भड़क उठना; ~ *with rage* क्रोधोत्तप्त होना, गरम होना; ~*t child dreads fire* दूधका जला छाछ फूँक-फूँककर पीता है; *money ~s hole in pocket* धन व्यय होनेके लिए तड़प रहा है, फलफला रहा है, पैसा उबल रहा है।

burned a. दग्ध, प्लुष्ट, भस्मीभूत ⊙।

burner n. (क्रियागत अर्थोंमें), —वाला; ज्वालक, दाहक; (*brick-~*) दीप; लैम्पका कल्ला, बर्नर।

burnet n. एक प्रकारका फूलोंका पौधा।

burning n. (क्रियागत अर्थोंमें); भस्मीकरण, ज्वलन, दहन, दाह, जलन, झुलस; उत्कट, प्रज्वल, दाहक; ~ glass दाहक काच, आतशी शीशा; (~ *question*) ज्वलन्त, उत्तेजक (प्रश्न); ~ scent (आखेटमें) बहुत तेज गन्ध, महक।

burnish v.t. & i. परिष्कार करना, उद्भाजन करना, रगड़कर चमकाना, झलकाना; चमकना, पालिश करना या होना।

burnisher n. रगड़कर चमकानेवाला; पालिश करनेवाला।

burnous(e) n. बुरका, अंगरखा, चोगा (अरबवासियों, मूरलैण्ड निवासियों तथा महिलाओंका)।

burnt a. दग्ध, ज्वालित; ज्वलित, जला या जलाया हुआ; ~ offering आहुति, बलिदान।

burr[1] n. चक्कीके पाटके लिए प्रयुक्त पत्थर; सानका पत्थर; एक प्रकारका चूनेका पत्थर; चन्द्रमा या तारेके चारों ओर नीहारिकासदृश मण्डल; काटे हुए या छेद किये हुए धातु या कागजका उभरा हुआ किनारा; वर्णका रूक्ष उच्चारण; गड़गड़ाहट, घड़घड़ाहट; ~-drill दन्त-चिकित्सकका बर्मा।

burr[2] v.t. & i. अस्पष्ट उच्चारण करना, हकलाकर बोलना, (नॉर्थम्बरी और फ्रेंचकी) ध्वनिकी भाँति उच्चारण करना।

burrow १. n. (लोमड़ियों, खरगोशों आदिकी) गर्त, माँद, बिल; २. v.t. & i. बिल खोदकर मार्ग निकालना; गर्त करना, माँद खोदना, बिल बनाना, माँद या बिलमें रहना; अगोचर होना, आँखसे ओझल होना; (ला०) रहस्यों आदिका पता लगाना, छानबीन करना, खोज करना, जाँच-पड़ताल करना।

burrower n. माँद या बिल खोदनेवाला; आँखसे ओझल होनेवाला; रहस्योंकी छानबीन करनेवाला।

burry a. कण्टकाकुल, काँटियादार, काँटेवाला।

bursar n. विश्वविद्यालय या स्कूलमें छात्रवृत्ति पानेवाला विद्यार्थी; कोषाध्यक्ष, खजांची।

bursarial a. छात्रवृत्तीय, छात्रवृत्तिविषयक, छात्रवृत्तिसे सम्बन्धित; कोषाध्यक्षसे सम्बन्धित।

bursarship n. कोषाध्यक्षका कार्यालय, खजांचीका दफ्तर।

bursary n. छात्रवृत्ति, वजीफा; धनागार।

bursiform a. स्यूनरूप, अर्द्धगोलाकार।

burst[1] n. स्फुटन, विस्फोट, फटन, फूट, धमाका, धड़ाका; भड़कन, भभक या भड़क (~ *of flame*); विस्फोटन, आकस्मिक उद्गार (शा० और ला०); नशेका दौरा, नशेकी मस्ती; सरपट दौड़; ~-up क्षय, ह्रास, पतन, एकाएक गिरावट।

burst[2]* v.t. & i. विस्फोट होना, फट पड़ना*, फट जाना, धड़ाका होना, फूटना, फूटकर उड़ जाना, तोड़-फोड़कर निकल पड़ना, वर्स्ट होना (~ *with food* or *emotion, heart ~s*); वेगके साथ खुल पड़ना, फटना, खुलकर आना (*bud ~s*); भावोंको उग्रतापूर्वक या प्रचण्डतापूर्वक अभिव्यक्त करना, बलपूर्वक या अचानक निकलकर बाहर चला जाना, बाहर निकल पड़ना, अकस्मात् घुस आना; प्रकट होना, सहसा आ पड़ना, दिखायी पड़ना (~ *into flame, upon the view*); विस्फोट या धड़ाकाके कारण (कुछ भागका) नष्ट होना; लबालब भरना, भरा हुआ होना, खूब भरना, छलकना, बाहर निकल पड़ना, भरकर बाहर बह जाना (*grain ~s granary*); ~ *in* घुसना, झपटकर आना, कमरेमें घुस आना; विघ्न डालना, छेड़ना; ~ *into tears, out laughing* फूट-फूटकर रोना, खिलखिलाकर हँस पड़ना, ~ *into view* सहसा दृष्टिगोचर होना, परिलक्षित होना, दीख पड़ना; ~ *open* बलपूर्वक तोड़ना; ~ *out* फूट पड़ना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

चिल्ला पड़ना, जोरसे बोल उठना; ~ *sides with laughing* हँसते-हँसते पेटमें बल पड़ना; ~ *up* विस्फोट हो जाना, धड़ाका हो जाना, खुल जाना, फट जाना; ~ *upon enemy's country* शत्रुके देशपर आक्रमण करना, लताड़ना।

burthen १. n. भार; २. v.t. भारवाहन करना, बोझा लादना।

burton n. शीत-रज्जु, दुहरी-तिहरी रस्सियाँ जो पाल कसनेके काम आती हैं।

bury v.t. शवाधान करना, समाधिस्थ करना, (शवको) गाड़ना, दबाना, दफन करना, दफनाना, मिट्टी देना; अन्त्येष्टि कर्म करना; भूमिके नीचे डाल देना, छिपा देना, गाड़ देना, मूँद देना (~ *alive*); विस्मरण करना, त्याग देना, छोड़ देना, दूर करना, भुला देना; (क्रोध आदिको) जमीनमें परिगोपन करना, परोक्ष कर देना, ढक देना, डुबो देना, गाड़ देना; ओझलकर लेना, छिपा लेना, हटा लेना, मूँद लेना (मुखको हाथोंसे, हाथोंको जेबोंमें); दब जाना, ढक जाना; बिल बनाना; ~ing ground, ~ing place शवाधिभूमि, श्मशान, कबरिस्तान; ~ *the hatchet* सन्धि करना, मेल-मिलाप करना, झगड़ा तोड़ना; *to have ~ied* (सम्बन्धियोंको) खो देना, मिट्टी देना।

bus १. n. (pl. ~*es*) सर्वयान, गन्त्री, यान, बसगाड़ी; (ग्रा०) मोटरगाड़ी, मोटरसाइकिल, हवाई जहाज; २. v. i. बससे यात्रा करना, बससे जाना; ~man बस-संचालक, बसका ड्राइवर; ~man's holiday अवकाशका समय (जो उसी रूपमें व्यतीत किया जाय जैसे दैनिक नियमित कार्यमें व्यतीत होता है); *miss the* ~ सुअवसर खो देना, कार्यमें विफल होना, रह जाना।

bus-bar n. महासंवाहक तार, (बिजलीका तार जो कई सर्किटोंको मिलाता है)।

busby n. शिरस्त्राण विशेष, फौजी टोपी; रिसाले और तोपखानेवालोंकी लम्बी बुरदार टोपी।

bush[1] n. क्षुप, क्षुपिका, गुल्म, झाड़ी, झंखाड़, झाड़ियोंका झुण्ड; सिरपेंचेकी लताका गुच्छा (*good wine needs no* ~); बिना जुती भूमिका प्रदेश, जंगली प्रदेश, जंगल; घने घुँघराले बाल, घनी मूँछें आदि; ~-fighter छापामार, छिपकर आक्रमण करनेवाला, चोर-लड़ाई लड़नेवाला, झाड़ीमें छिपकर लड़नेवाला; ~-fighting अव्यवस्थित युद्ध-प्रणाली विशेष, छापामार लड़ाई, गुरिल्ला युद्ध, चोर-लड़ाई; B~man दक्षिणी अफ्रीकाका आदिनिवासी, कृषक अथवा यात्री, जंगली आदमी, आस्ट्रेलियाका निवासी; ~-ranger आस्ट्रेलियाका जंगली डाकू, डकैत; ~-rope (ऊष्णकटिबन्धके) जंगली अंगूरकी बेल; ~ telegraph जनप्रवाद, समाचार या अफवाह आदिका शीघ्रतापूर्वक प्रसरण, चर्चा; *take to the* ~ डाकू होना:

~-chat, ~ disease, ~ harrow, ~ honeysuckle, ~-lark, ~ planting, ~ rat, ~-sickness, ~-tree, ~-warbler, ~whacker.

bush[2] v.t. (किसी स्थानके चारों ओर) झाड़ियाँ लगाना (ताकि वहाँ कोई शिकार न कर सके)।

bush[3] १. n. छेददार डाट, काग, धुरेके बीच या किसी अन्य छेदमें लगा रहनेवाला लोहेका छल्ला; २. v.t. छल्ला या डाट लगाना।

bushed a. गुल्मावृत, क्षुपिका-लुप्त, झाड़ीमें खोया हुआ।

bushel n. शूर्प, अन्न या फल आदिके लिए ८ गैलन (२९ सेर) का एक माप, बुशल; *measure other's corn by one's own* ~ सर्वभूतेषु आत्मवत् देखना, अपने अनुसार दूसरोंके विषयमें अनुमान करना; *not hide light or candle under* ~ आदर्श स्थापित करना।

bushelful n. ८ गैलनभर, बुशलभर।

Bushido n. जापानके सैनिक सरदारोंके आदर-सत्कार और आचार-व्यवहारकी संहिता, व्यवस्था-पुस्तक।

bushiness n. क्षुपमयता, सघनता, घनापन, झाड़ीदार होना।

bushy a. क्षुपमय, क्षुपसदृश, गुल्मावृत, गुल्ममय, झाड़ीदार; सघन, घना।

busily adv. व्यस्ततासे, संलग्नतासे।

business* n. व्यस्तता, संलग्नता; पणन, वाणिज्य, व्यवसाय*, व्यापार, उद्योग, कार-बार*, धन्धा, कारोबार, पेशा; कार्य, काम-काज; मतलब; आगमनका कारण (*what is your* ~ ?); कार्यक्रम, एजेण्डा (*the ~ of the day*); व्यवहार, लेन-देन; (घृणा०) कार्यकी गतिविधि, विधि, उपाय, साधन, यन्त्र, सम्बन्ध (*sick of the whole* ~); दुष्कर कार्य, कठिन कार्य (*what a ~ it is !*); किसीसे सम्बन्धित कार्य या वस्तु, मामला; व्यापारिक स्थान, कोठी, मण्डी; (रंगमंच) निर्वाक् प्रदर्शन, कठपुतलीका खेल; हाव-भाव; क्रय-विक्रय, व्यापार (*doing a great* ~); (आदमीका) व्यापारी पहनावा या नियम-विरुद्ध सूट⊙; ~man व्यापारी, व्यापारिक व्यक्ति, व्यवसायी, कारबारी आदमी; व्यवहार-कुशल व्यक्ति; good ~ ! बहुत अच्छा, खूब; law ~⊙ वकालत, कानूनी प्रैक्टिस; ~ *as usual* बाधाओंके होनेपर भी काम होता रहेगा, चलता रहेगा; ~ *end of tin tack* बिन्दु, नोक, सिरा; *do* one's ~ काम करना; बध करना, काम तमाम करना; *has no* ~ *to* उसका कोई अधिकार नहीं, हक नहीं; *make it* one's ~ *to* किसी कामको हाथमें ले लेना, हाथ लगाना; किसी कामका उत्तरदायित्व लेना, जिम्मा लेना; *man of* ~ अभिकर्त्ता, कारिन्दा, मुख्तार; *on* ~ सोद्देश्य, विशिष्ट उद्देश्य या ध्येयसे, विशेष कामसे;

~ activity, ~ barometer, ~ budget, ~ card, ~ college, ~ concern, ~ conditions, ~ connection, ~ crisis, ~ cycle, ~ days, ~ end, ~ experience, ~ firm, ~ forecast, ~ forecasting, ~ hours, ~ house, ~ index, ~ integrity, ~ letter, ~ loan, ~ methods, ~ morality, ~ name, ~ notice, ~ occupa-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

tion, ~ operations, ~ optimism, ~ organization, ~ permission, ~ place ~ premises, ~ profits-tax, ~ prospects, ~ reputation, ~ research, B~ Rules, ~ school, ~ statistics, ~ theory, ~ undertaking.

business-like a. सुनियोजित, सुव्यवस्थित, यथाक्रम; व्यवहारकुशल, व्यापारानुरूप, व्यावहारिक; चुस्त, चौकस, फुर्तीला।

busk n. मेमोंकी अँगियामें लगानेकी कड़ी पट्टी।

buskin n. दुःखान्त नाटक; दुःखमय अवस्था या दशा; घुटनोंतकका जूता; यूनानी अभिनेताओं द्वारा कद बढ़ानेके लिए पहना जानेवाला ऊँचे तलेका जूता; *put on the ~* दुःखान्त नाटकका अभिनय करना, दुःखान्त नाटक लिखना।

buskined a. दुःखान्त; दुःखी अवस्थामें; घुटनोंतकका जूता पहने हुए, ऊँचे तलेका जूता पहने हुए।

buss १. n. (प्रा०) चुम्बन, चुम्मा; २. v.t. चुम्बन करना, चूमना।

bust n. आवक्ष प्रतिमा, अर्धप्रतिमा, मनुष्यके सर, कन्धे और सीनेकी मूर्त्ति; शरीरका अगला ऊपरी भाग; वक्षःस्थल, छाती।

bustard n. सारंग, सारस, बहुत तेज दौड़नेवाले बड़े पक्षियोंकी एक जाति।

bustle[1] n. तुमुल, कोलाहल; संकुलता; ताड़ाताड़ी; आकुलता, शीघ्रता, उत्साह, जोश, दौड़धूप, धूम, हलचल, खलबली।

bustle[2] v.t. & i. उत्साह प्रदर्शित करना, शीघ्रता करना, जल्दीसे काम करना, दौड़-धूप करना, धूम मचाना, जोश दिखाना; दूसरोंमें उत्साह भरना, हलचल लाना; उद्यम करना, कार्यमें लगना, हिलना-डुलना, भिड़ जाना।

ustle[3] n. मेमोंके घाँघरेकी पीछेकी गद्दी, मेमोंके लहँगेको फुला रखनेवाली कमानी।

busy[1] १. n. (ग्रा०) गुप्तचर, भेदिया, जासूस; २. a. व्यापृत, व्यस्त, व्यग्र, संलग्न, कार्यरत, तल्लीन; मग्न, भिड़ा हुआ, डूबा हुआ, लगा हुआ (*he was ~ packing*); आरत, विकल (*~ as a bee*); हस्तक्षेप करनेवाला, हलचल मचानेवाला, खलबली मचानेवाला, बदमाश, शरारती; ~ body प्रत्यवाय-प्रयासी, बाधक व्यक्ति; ~ idle (-ness) व्यर्थके कार्योंमें शक्तिव्यय (करनेवाला), निरर्थक कार्योंमें शक्तिका ह्रास या क्षय; *to get ~* ⊙ उद्बुद्ध होना, जागना।

busy[2] v.t. व्यस्त या संलग्न रखना, व्यस्त करना या होना, व्यग्र रहना, संलग्न रहना, तल्लीन होना, तल्लीन करना, मग्न रहना, व्यग्र रखना, भिड़े रहना।

busyness n. व्यस्तता, संलग्नता, कार्यरति, व्यग्रता, तल्लीनता।

but[1] १. n. आक्षेप, आरोप, आपत्ति; २. v.t. किन्तु, परन्तु करके बोलना, ~s का प्रयोग करना (*~ me no ~s*)।

but[2] adv. & prep. (~*, conj.) किन्तु*, परन्तु, पर, मगर, लेकिन* (*it shall go hard ~ I will get there*); कि...नहीं, (*it is impossible ~ that offences will come*); यह नहीं (कि) (*not ~ that he believed it himself*); कि (*I don't deny, doubt, ~ that*); मात्र, केवल (*she is ~ a child, I can ~ do it*); अतिरिक्त, अलावा, सिवाय, छोड़कर, इसके अतिरिक्त, यदि ऐसा न हुआ तो (*they are all wrong ~ he, him*); अन्यथा, ऐसा न हो तो (*cannot choose ~*); जो नहीं (*no one ~ knows that*); बल्कि, बिना इस परिणाम आदिके कि...(*never rains ~ it pours*); तथापि, किसी प्रकार, इसके विपरीत, तिसपर भी; *~ for this etc.* यदि ऐसा न होता, इसके बिना; *~ then* लेकिन इसके साथ-साथ, परन्तु यह भी तो है (*it is hot, no doubt, ~ then the heat is dry*)।

butcher[1] n. सौनिक, वधिक, मांस-विक्रेता, मांसका व्यापारी, मांस बेचनेवाला, हत्यारा, कसाब, चिकवा, कसाई, बूचड़; सामन मछलीके पकड़नेका चारा; न्यायाधीश या सेनापति (जिन्होंने आवश्यक रूपसे या निर्दयताके साथ मनुष्योंके प्राण लिये हों); ~-bird लटूषक, शिकारी पक्षी, कसाई चिड़िया; ~'s bill युद्धमें हत व्यक्तियोंकी तालिका या सूची; ~'s-broom नुकीली पत्तियोंवाला सदाबहार पौधा; ~'s meat पालतू मुर्गी, बतख आदि, सुअर, शिकार किये हुए पशु या पक्षीके मांसको छोड़कर अन्य प्रकारका मांस; *the ~, the baker, the candlestick-maker* सभी उद्योग-धन्धोंके व्यक्ति।

butcher[2] v.t. नृशंसतापूर्वक हत्या करना, निर्दयतापूर्वक या निरुद्देश्य लोगोंका वध करना, हत्या करना, मार डालना; अशुद्ध पाठ या सम्पादन करके (पुस्तक)की हत्या करना, कटु आलोचनासे धज्जियाँ उड़ाना, नष्ट करना, हानि पहुँचाना।

butcherly a. नृशंस, नरघाती, हिंसक, निर्दय, क्रूर, हत्यामूलक, हत्यारे या कसाईके सदृश, हत्यारेके योग्य, कसाईका-सा।

butchery n. वधस्थान, वधशाला, बूचड़खाना, कसाईखाना; लोगोंका निर्दयतापूर्वक या अनावश्यक वध, हत्या।

butler n. प्रधान अनुचर या सेवक, भण्डारी, जमादार, खानसामा, बटलर।

butt[1] n. शराबका पीपा = १२० गैलन, कठरा।

butt[2] n. स्थाणु, पेड़का ठूँठ, खूँच, मुण्ड, मुण्डा; तनेका निचला भाग ⊙; पत्तेका डण्ठल; कुन्दा, मोटा सिरा; वह स्थान (जहाँ दो वर्गाकार तख्ते मिलते हों); कई प्रकारकी चपटी मछलियाँ; पीठ और पेटका चमड़ा (जिसको काटकर आयताकार बना लेते हैं); सबसे मोटा चमड़ा; (~-end) उच्छिष्ट, अवशेष; *give fish the ~* मजबूतीसे पकड़नेके लिए बंसीके मोटे सिरेको मछलीकी ओर घुमाना;

~ joint, ~ plate, ~ weld, ~ welding.

butt[3] n. परिहासकी वस्तु, चिढ़ाने और हँसी उड़ानेकी वस्तु; भड़ुआ; बतखके शिकारीके खड़े होनेका स्थान; चाँदमारीके पीछेका टीला, धुस्स; (बहु०) लक्ष्यकी दूरी;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

लक्ष्य, निशाना, चाँदमारी; ध्येय, उद्देश्य।

butt[1] १. n. सिरकी टक्कर, ठोकर, धक्का; २. v.t. & i. सिरसे टक्कर मारना, ढकेलना; दीवारसे टक्कर खाना, दीवारके सहारे लकड़ी रखना; बाहर निकालना; एक सिरेसे दूसरा सिरा मिलाना, (*~ against, upon*); *~ in* (ला०) हस्तक्षेप करना, बीचमें पड़ना, बिचवई करना; *come ~ or full ~ against* घुसना।

butte ○ n. भीटा, पहाड़ी।

butter[1]* n. नवनीत, मक्खन*, माखन; मक्खनके सदृश पदार्थ, घी आदि; चाटुकारिता, चिकनी-चुपड़ी बातें; *~-and-eggs* हल्के और गहरे पीले रंगके फूलवाला एक प्रकारका पौधा; *~-boat* चटनी या भोजन परसनेका नौ-पात्र; *~bur* बड़ी और कोमल पत्तियोंवाला एक पौधा; *~cup* नवनीत-पुष्प, एक प्रकारका पीले फूलका पौधा; *~milk* तक्र, छाछ, मट्ठा; *~ muslin* नवनीतविरलिका, मक्खन-मलमल, महीन जालीदार मलमल; *~-knife* छुरिका विशेष; *~-print* मक्खनपर चिह्न डालनेके लिए लकड़ीका ठप्पा या छापा; *~ tree* मधूक, महुआ; clarified *~* घृत, सर्पिष, घी; melted *~* घी, आटे अदिका रस, शोरवा; *looks as if ~ would not melt in mouth* अति लज्जालु होना, विनीत होना, कृत्रिम लज्जा आना; *what is a pound of ~ among a kennel of hounds* ऊँटके मुँहमें जीरा;

~ bacillus, *~*-bean, *~* cases, *~* colour, *~*-fat, *~* flower, *~* granules, *~*-making, *~* oil, *~* paper, *~* test, *~* yellow.

butter[2] v.t. मक्खनमें पकाना, मक्खन मलना, मक्खन लगाना, चुपड़ना; *~ up* ईंटपर गारा चूना आदि लगाना; चाटुकारिता करना, चापलूसी करना, चिकनी चुपड़ी बातें करना; *fine words ~ no parsnips* बातोंसे पेट नहीं भरता।

butterfly n. & a. पुष्पपतंग, चित्रपतंग, तितली; चंचल या अस्थिर बुद्धिका (मनुष्य), आडम्बरी (व्यक्ति), दिखावटी (आदमी), छुछेड़ा, खेलवाड़ करनेवाला।

butterine n. नवनीती, कृत्रिम नवनीत, नकली मक्खन जो चर्बीसे बनाया जाता है।

butteriness n. चिकनाहट, चिकनापन, चिकनाई।

butteris n. हयशफकर्त्तनछुरिका, घोड़ेकी नाल काटनेकी छुरी।

buttery[1] n. (विद्यालयों आदिका) दुग्ध-भाण्डार; दुग्ध, नवनीत प्रभृति भक्ष्य वस्तुओंके रखनेका स्थान; *~*-hatch रसद-दरवाजा (जिसमेंसे घी, राशन आदि दिया जाता है)।

buttery[2] a. मक्खनदार, मखनिहा, चिकना चुपड़ा।

buttock[1] n. श्रोणि-पृष्ठ, नितम्ब, पाछा, कूल्हा, चूतड़, पुट्ठेका मांस; कुश्तीके दाँव-पेंच।

buttock[2] v.t. कोल्हुवा दाँव लगाना, कूल्हेके सहारे उठाकर फेंकना, पटक देना।

button[1]* n. घुण्डी, बुताम, बटन*; कुड्म, मुकुल, कलिका, कली; बन्द कुकुरमुत्ता, खुला कुकुरमुत्ता; घण्टी, हत्था, बिजलीका बटन;चटखनी; कोई गोल छोटी-सी चौड़ी वस्तु; लोहेकी पत्तीकी नोककी टोपी; a *~*short (बोल०) मन्दबुद्धि, जड़बुद्धि, मूढ़मति, बुद्धू; *~*hole बटनके लिए छेद; *~*tree धवल, धौरा; *~*-stick बटनोंको पालिश करनेके लिए सैनिककी एक सामग्री; *boy in ~s* बालभृत्य, छोकरा; *take by the ~* ठहराना, रोकना; *touch the ~* साधारण कामसे जटिल परिणाम ला देना।

button[2] v.t. & i. बटन बन्द करना; बटन लगाना; (बटनदार कपड़ेमें कोई वस्तु) बन्द करना।

buttoned a. बुतामदार, बटनदार।

buttonless a. बिना बटनका।

buttons n. वरदी पहने हुए बाल-भृत्य, छोकरा, नौकर, कम उम्रका नौकर।

buttony a. (कई) बटनोंवाला।

buttress १. n. वप्र, दीवालका पुश्ता; पहाड़का आगेको निकला हुआ पुश्तेके आकारका भाग; आलम्ब, आधार; सहारा, थूनी, अड़वाड़; २. v.t. (शा० और ला०) सहारा देना, खम्भा खड़ा करके सहारा देना, थूनी लगाना, पुश्ताबन्दी करना, अड़वाड़ लगाना; तर्क अदिसे पुष्ट करना।

buxom a. स्वरूपवान्, सुन्दर, हृष्टपुष्ट, स्थूल, भरापूरा, मोटाताजा; सदानन्द, प्रफुल्ल।

buxomness n. स्वरूपता, सुन्दरता।

buy १. n. क्रयण, क्रय, खरीद, बेसाह; २. v.t. क्रयण करना, क्रय करना, मोल लेना, खरीदना, बेसाहना; घूस आदि देकर किसीको पक्षमें करना, किसीको अपनी ओर तोड़ लेना; कुछ न्योछावर करके प्राप्त करना (*dearly bought*); प्राप्त करना, पाना (*money cannot ~*); a good *~* मोलभाव; *~ in* माल खरीदना, नीलाममें सबसे अधिक बोलीसे ऊपर बोलकर माल छुड़ाना; *~ into* किसी कारखाने या कम्पनीका हिस्सा खरीदना; *I will ~ it* (अमरीकी ग्रा०) मैं इसको छोड़ता हूँ, (किसी प्रश्न या पहेलीके उत्तरमें) मैं नहीं जानता; *~ off* उत्कोच देकर वशीभूत करना, मुक्त कराना, कुछ दे दिलाकर (सैनिकको) निकलवा देना, कुछ दे दिलाकर जान छुड़ाना; *~ out* स्वत्व क्रय करना, कुछ दे दिलाकर अधिकार पद और सम्पत्ति आदि त्यागनेके लिए राजी कर लेना; *~ over* उत्कोच देना, घूस देना, रिश्वत देकर पाना; *~ pig in poke* बिना देखे भाले किसी बातको मान लेना, बिना सोचे-विचारे अपनेको फँसा लेना; *~ up* क्रय द्वारा किसी दूसरे कारखाने या दुकानको अपनेमें मिला लेना, सारे मालको खरीद लेना।

buyable a. क्रययोग्य, खरीदने योग्य।

buyer n. क्रेता, ग्राहक, खरीददार; अभिकर्त्ता या एजेण्ट।

buzz[1] n. मधुमक्खी आदिकी गुंजार, भिनभिनाहट, भिनक; धूमधाम, चहल-पहल, हलचल; गोल आरा ○।

buzz[2] v.t. & i. गुंजारना, गुनगुनाना, भिनभिनाना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

भिनकना; भ्रमण करना, चक्कर लगाना, इधर-उधर घूमना; बहकना; (किसी स्थान या जनसमूहसे) भनभन होना, गूँजना; (ग्रा०) निकल जाना, हट जाना; (चर्चा, अफवाह आदिका) प्रचार करना, उड़ाना, फैलना, उड़ना (~ *applause*); सनसन होना, झनझन होना (~ *stones*)।

buzz[3] n. रोएँदार भँवरा; इसी प्रकारका मछलीका चारा।

buzz[4] v.t. (शराबकी बोतल) चढ़ा जाना, पी जाना, गटकना।

buzz[5] int. बासी खबर है! यह तो पुराना समाचार है!

buzzard n. मूषिक बाज, श्येन पक्षीके प्रकार, बाजकी किस्में; (जैसे, *Bald B~, Honey B~, Moor B~* आदि) मूर्ख, बुद्धू।

buzzer n. (क्रियागत अर्थोंमें), इंजिनकी सीटी; संकेतके लिए बिजलीकी बजबज करनेवाली मशीन; (ग्रा०) संकेत करनेवाला, सिगनल देनेवाला, सिगनेलर।

buzzing a. भनभनाता हुआ।

by[1], **bye** a. नैमित्तिक, आनुषंगिक, गौण, उप-, अप्रधान; (पक्ष) गुप्त, भेदपूर्ण।

by[2]* १. prep. द्वारा*, इस प्रकार, से* (*what do you mean ~ that? ~ dint of*); के भीतर (~ *day*); संसर्गमें, साथमें; प्रदेश या हल्केमें; समीप, पास, निकट, करीब, की ओर; व्यक्तिके विषयमें या व्यक्तिके पास, व्यक्तिके अधिकारमें; साथ-साथ, होते हुए, मेंसे, से होकर, टालते हुए, पछाड़ते हुए, आगे बढ़कर (~ *nearest road*); तत्पश्चात्, इसके अनुसार, से (*take warning, example ~*); पश्चात्, बाद, जैसे ही, जभी (~ *now*); शपथ लेकर (~ *God*); सम्बन्धित, सम्बन्धसे, विषयमें, मामलेमें (*do one's duty ~*); सीमा तक, हद तक (*missed ~ a foot, too moral ~ half*); एक-एक करके, एकके बाद दूसरा (~ *degrees*); २. adv. पाससे, से होकर, पार्श्वतः (*they marched ~*); एकान्तमें, एक ओर, बगलमें; *abide ~* तदनुसार चलना, पालन करना, मान लेना; ~ *all means* सर्वप्रकारेण, निस्सन्देह, अवश्यमेव, अवश्य; ~ *and large*⊙ यदि पूर्ण रूपसे विचार किया जाय, यदि हर प्रकारसे सोचा जाय; ~ *cheque* चेक द्वारा; ~*-end* अप्रधान लक्ष्य; ~ *form* समाकृतिवत्; ~ *going* पाससे गुजरना; ~ *oneself* स्वतः, अकेले; ~*-the-bye* प्रसंगवश, विषयान्तरसे; ~ *the way* इस प्रसंगमें, वैसे ही, इसी सिलसिलेमें; *come ~* प्राप्त करना, पाना; *lay ~* बचा रखना, अलग करना; *set ~ the ears* उत्तेजित करना, भड़काना, राह देना; *stand ~* सहायता देना, साथ देना; *swear ~* किसीकी शपथ लेना।

by and by १. n. उत्तरकाल, भविष्य, आगामी काल; २. adv. तुरन्त, अभी, थोड़े समयमें, हाल ही में।

by-blow n. विजात सन्तति, जारज संतान, कौलटेय या दोगला बच्चा; विरोधीको छोड़कर किसी अन्य पर प्रहार।

bye n. (उन खेलोंमें जिनमें खिलाड़ी दो-दो करके अलग-अलग किये जायँ) अयुग्म या अकेला खिलाड़ी, अकेला खिलाड़ी होना; (गॉल्फ) खेलके पश्चात् अवशेष अंक या प्वाइण्ट (जो नये खेलके रूपमें खेले जायँ); (क्रिकेट) विकेट-कीपरसे गेंद छूट जानेपर बननेवाला रन; गौण वस्तु, अप्रधान वस्तु; ~*-leg* (क्रिकेट) वह रन (जो खिलाड़ीकी टाँगसे लगनेपर बनायी जाय)।

bye-bye n. नींदका समय है, बिस्तर या बिछौनापर जाओ (दाइयोंका शब्द); विदा, नमस्ते।

by(e)-election n. उपनिर्वाचन।

bygone १. n. (बहु०) विगत काल, भूतकाल; विगत अपराध, पुराने दोष; २. a. अतिक्रान्त, विगत, व्यतीत, बीता हुआ, गुजरा हुआ; अतीत, प्राचीन, पुराना; *let ~s be ~s* गतस्य शोचना नास्ति, मरे मुर्दे मत उखाड़ो, बीती ताहि बिसार दे, पुरानी बातोंको भूल जाओ।

by-law, bye-law n. स्थानीय व्यवस्था, उपविधि, उपनियम, स्थानीय सभा आदिका नियम।

by-name n. कल्पित नाम, उपनाम; प्यारका नाम; अपनाम, छेड़का नाम, चिढ़ानेका नाम।

bypass १. n. उपमार्ग, पगडण्डी; पटरी, बटिया, छोटी सड़क; गैस निकालनेका उपमार्ग; २. v.t. पगडण्डी बनाना, शहर आदिके चारों ओर बटिया बनाना; भाप या गैस निकलनेके लिए उपमार्ग बनाना।

bypast a. अतीत, विगत, व्यतीत, बीता हुआ।

bypath n. (शा० और ला०) उपपथ, उपमार्ग, पगडण्डी, बटिया।

byplay n. नाटकका गौण भाग।

by-product n. उपोत्पाद, उपसृष्ट, उपोत्पत्ति, उपफल, आनुषंगिक उपज, उपपरिणाम।

by-road n. उपरथ्या, छोटी सड़क।

byssine a. प्रक्षौम, तूलमय।

byssoid a. क्षुमाभ, तूल सदृश, तन्तुवत्; झालरदार।

byssolite n. बहुत छोटे और नरम तन्तुवाली चादर, एस्बस्टस।

byssus n. प्रक्षुमा, क्षुमातूल।

bystander n. पार्श्वस्थान, प्रेक्षक, द्रष्टा, दर्शक, देखनेवाला।

bystreet n. उपवीथि, निभृत रास्ता, गलियारा, छोटी गली।

by-way n. उपमार्ग, निभृत पथ, ऐकान्तिक पथ या सड़क, निर्जन मार्ग या सड़क (*highway and ~*); संक्षिप्त मार्ग, सीधा मार्ग, छोटा रास्ता; किसी भी विषयका कम महत्त्वपूर्ण विभाग।

by-word n. जनरूढ़ि, लोकोक्ति, जनोक्ति, जनप्रवाद, प्रवादवाक्य, कहावत; कुख्यात या बदनाम वस्तु, किसी (बुरी) दृष्टिसे देखा जानेवाला व्यक्ति, स्थान आदि।

by-work n. अवकाशके समय किया हुआ कार्य, जाते-जाते किया हुआ काम।

byzant n. बैजन्ती, प्रथम स्वर्ण मुद्रा (पहला सोनेका सिक्का जो कुस्तुनतुनियामें पाया गया)।

Byzantine १. n. बैजन्तिया या कान्स्टैण्टीनोपुलका

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: MoE-IKS

निवासी; २. a. पूर्वीय रोम-साम्राज्यमें विकसित स्थापत्य-कला आदिकी शैली या रीतिका; रोम-साम्राज्यकी भूतपूर्व राजधानीविषयक, बैजन्तिया, कान्स्टैण्टीनोपुलसे सम्बन्धित।

Byzantinesque a. बैजन्तियाकी शैलीकी (स्थापत्य-कला)।

Byzantinism n. बैजन्तियाका पक्षपोषण।

Byzantinize v.t. बैजन्तियाकी शैलीमें ढाल लेना, इस शैलीका अनुकरण करना।

C

C अंग्रेजी वर्णमालाका तीसरा वर्ण; (बीजग०) तृतीय ज्ञात राशि।

cab[1] n. & v. i. (-bb-) (व्यं०) अनुवाद (कण्ठस्थ करना), सारांश (को याद करना)।

cab[2] n. & v. i. (-bb-) किराएकी गाड़ी (चलाना; में जाना); चालक-कोष्ठ, सायबान, इंजन-चालकके बैठनेकी छायी हुई जगह; ~man कोचवान्, इक्कावान्, चालक, बग्घी हाँकनेवाला; ~stand अड्डा।

cabal[1] n. & v. i. गुप्त षड्यन्त्र (में भाग लेना), साँठ-गाँठ (में सम्मिलित होना); गुप्तदल, गुट, जत्था; दलबन्दी, जत्थाबन्दी, गुटबन्दी।

caballer n. षड्यन्त्री।

cabaret n. (फ्रांसीसी) मधुशाला, सराय, शराब-खाना; (विश्रान्ति-गृहोंमें अतिथियोंके लिए) मनोरंजन-कार्य।

cabbage n. कपिशाक, बन्द गोभी, पात गोभी, करम-कल्ला; ~-rose शतदल, बड़ा गोल-गुलाब का फूल।

cabbala n. यहूदियों की मौखिक परम्परा; रहस्यवादी व्याख्या, गूढ़ सिद्धान्त, गुप्त विद्या।

cabbaline a. अश्वोचित, तुरंगीय, घोड़े से सम्बन्धित।

cabbalism n. (यहूदियोंकी परम्परागत) गुह्यता, गुप्ततावाद, रहस्यवाद।

cabbalist n. यहूदी रहस्यवादी, गुह्यतावादी।

cabbalistic a. रहस्यात्मक, रहस्यपूर्ण।

cabby n. (बोल०) कोचवान, इक्कावान, बग्घी हाँकने वाला।

caber n. लग्घा, देवदारका तना या कुन्दा; कुन्दा उछालने या घुमानेका खेल।

cabin[1] n. कोष्ठिका, झोंपड़ा, झोंपड़ी, कुटी, कुटीर, कुटिया, छोटा कमरा, केबिन; (जहाजमें) खाने या सोनेका कमरा, अधिकारियों या यात्रियोंका कमरा; ~boy (जहाजका) परिचारक, बेयरा; ~ man केबिन वाला।

cabin[2] v.t. भींचना, ठूँसना, तंग जगहमें भरना।

cabined a. तंग जगहमें ठूँसा हुआ।

cabinet n. & a. कोठरी, छोटा कमरा; अन्तःकक्ष, एकान्तकक्ष; मंजूषा, प्रमंजूषा; दराजयुक्त आलमारी; (राज०) परिषद्कक्ष; मन्त्रिपरिषद्; ~ council मन्त्रि-परिषद्; ~ crisis मन्त्रिमण्डलीय संकट; ~ edition पुस्तकालय-संस्करण, सामान्य संस्करणके बीचका संस्करण; ~ pudding स्पंज केक; ~-maker कारीगर, बढ़ई; ~ allocation, ~ councillor, ~ maker's wood, ~-making ~ minister, ~ responsibility, ~ secretariat, ~-ware, ~-work.

cabineted a. गुप्त मन्त्रणायुक्त।

cable[1] n. दोर, दोरक, वज्रदोर, तारदोर; (जूट या तारका) मोटा दृढ़ रस्सा; (नौवि०) लंगरका रस्सा या जंजीर; संदाम, केबल, समुद्री तार; (स्था०) रस्सेके आकारका अलंकरण, आभूषण: बलदार नक्काशी; ~ joiner, ~ railway, ~ release, ~'s length, ~ transfer.

cable[2] v.t. & i. रस्सी देना, रस्सीसे बाँधना; (स्था०) खम्भोंके निम्न भागमें बलदार चित्र बनाना; समुद्री तार भेजना।

cablegram n. समुद्री तार; समुद्री तारका संदेश।

cabless a. बग्घीहीन, बिना गाड़ीका।

cablet n. संदामक; द्वि-रज्जु, दुहरी रस्सी; छोटा तार।

caboodle n. भीड़, जमाव।

caboose n. (जहाजकी) पाकशाला, रसोईघर; गार्डका डिब्बा, मालगाड़ीमें मजदूरोंका डब्बा ⊙।

cabriolet n. टमटम; मोटरकार, खुली मोटरकार।

cacanny n. मन्दकार्य, मन्दगमन, धीमी गति।

cacao n. & a. चाकलेट या केको (का पेड़)।

cachaemia n. रुधिर-विषाक्तता, खूनकी खराबी।

cachalot n. वसातिमि, ह्वेल जैसी एक मछली; (विशे० *common* ~) बड़ी मछली, हाथी जैसी मछली।

cache[1] n. गुप्तस्थान कोष, गुप्त भण्डार; खाद्य सामग्री; स्फोटागार।

cache[2] v.t. गुप्तस्थानमें रखना, गाड़ देना।

cachectic a. जीर्ण, रुग्ण, शारीरिक या मानसिक रोगी; CACHEXY का रोगी।

cachet n. पर्पटावर, खोल; प्रामाणिक चिह्न, प्रमाण।

cachexy, -ia nn. दुःस्थता, शरीर या मनकी रुग्ण अवस्था, मानसिक या शारीरिक विकृति।

cachinnate v.t. अट्टहास करना, खिलखिलाना, ठहाका मारना।

cachinnation n. अट्टहास, खिलखिलाहट, ठहाका।

cachinnatory a. अट्टहासीय, खिलखिलाहटका ठहाका-भरा।

cacholong n. शोभोपल, दूधिया रंगका बिल्लौर, श्वेत रत्न।

cachou n. सुगन्धित गोली, चूसनी।

cachucha n. स्पेनीय नृत्य, कचूचा नाच।

cacique n. (वेस्ट इण्डियन और अमेरिकी आदिवासी) कबीलोंका राजा, सरदार; (स्पेन, राज०) राजनीतिक प्रधान, मुखिया।

caciquism n. सरदारी, मुखिया के अधीन स्थानीय शासन।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

cackle[1] n. कुड़कुड़ाहट, टाँय-टाँय, बक-बक, शेखी।
cackle[2] v. i. & t. (मुर्गी, बतख आदिका अण्डा देनेके बाद) कुड़कुड़ाना, बक-बक करना, टाँय-टाँय करना, शेखी मारना; खी-खी करना, दाँत निकालना; ~ *out* कुड़-कुड़ा कर बोलना।
cackler n. कुड़कुड़ानेवाला मुर्गा; घमण्डी, बकवादी, गप्पी व्यक्ति।
cackling n. कुड़कुड़ाहट; बकबकाहट, टाँय टाँय, इत्यादि।
cacodemon, -aemon n. भूत-प्रेत, दुष्ट, दुर्जन।
cacodyl n. कुगन्धल, एक तरहका अतिज्वलनशील तरल पदार्थ।
cacoepy n. अशुद्ध उच्चारण।
cacoethes n. दुःस्वभाव, चिड़चिड़ी आदत।
cacogastric a. अजीर्णयुक्त, बदहजमीवाला।
cacographer n. कुलेखक, अशुद्ध लेखक, बुरा लिखने-वाला।
cacographical a. अशुद्ध वर्तनी-विषयक, बुरे लेखका।
cacography n. अशुद्ध वर्तनी, कुलेख, बुरी लिखावट।
cacolet n. आहत-शय्या, डोला, डाण्डी, सेनामें घायलों-को ढोनेवाली पालकी।
cacology n. अशुद्धोच्चारण, कुप्रयोग, अशुद्ध प्रयोग।
cacomistle n. लोमालिका, एक तरहका बिज्जू।
cacophonous a. कुस्वर, श्रुतिकटु, कर्कशध्वनि।
cacophony n. श्रुतिकटुता, कर्कशध्वनि, बेसुरापन।
cactaceous a. नागफनीका-सा, काँटेदार।
cactal a. कण्टालीय, नागफनी-सम्बन्धी।
cactoid a. कण्टालवत्, नागफनी-सा।
cactus n. नागफण, कण्टाल, नागफनी।
cad n. नीच प्रकृतिका मनुष्य, गँवार; असभ्य आचरण करनेवाला व्यक्ति, निम्नवर्गका व्यक्ति, कमीना; खेलका नौकर; आवारा, लफंगा; गाड़ी हाँकनेवाला।
cadastral a. मूल्य और स्वामित्व दिखानेवाला, भूमिकी मालगुजारी ठहरानेका (ढंग)।
cadaver n. शव, लोथ, मुर्दा।
cadaveric a. शव-सम्बन्धी, शव जैसा, निष्प्राण-सा; कड़ा।
cadaverous a. शववत्, मुर्दा-सा; विवर्ण, मृतकके समान पीला।
caddie n. गॉल्फ खेलनेवालों का नौकर।
caddis n. (मई मक्खी, *May-fly*, आदिका) डिम्भ-का पहला रूप; फीता, पट्टी; ~-bait डिम्भका चारा; ~-worm डिम्भकीट।
caddish a. नीच, अधम, अकुलीन।
caddishness n. नीचता, अधमता, अकुलीनता; आवारापन।
caddy n. (चायकी पत्ती रखनेकी) पिटारी, छोटा बक्सा।
cade[1] a. पालित, गृह्य, पालतू।
cade[2] v.t. पालतू बनाना, हाथों से पालना।
cadence n. संगति, लय; स्वरका उतार; ताल, धुन, स्वरकी संयोजित गति; (संगी०) अवरोह, उतार; अन्तिम बन्द।
cadenced a. संगत, सुरीला, लययुक्त।
cadency n. नई पौध; नई पीढ़ी; सैन्य-शिक्षार्थित्व।
cadent a. अवरोही, अवनत; तालका।
cadenza n. (संगी०) (संगीत-समाप्तिपर) चरमलय-प्रदर्शन, अन्तिम धुन।
cadet n. नौछात्र, सेनाछात्र, युवसैनिक; कनिष्ठपुत्र, छोटा बेटा; रूसके वैधानिक जनतन्त्रीय दलके सदस्य; ~-*corps*; कैडिट कोर, छात्रसेना।
cadetship n. सेनाछात्रता, सैन्य शिक्षार्थित्व।
cadge v. i. & t. भीख माँगते फिरना; फेरी लगाना; भीख माँगकर पाना।
cadger n. फेरीवाला, घूमकर बेचनेवाला; भिखमंगा, लफंगा।
Cadmean a. कैडमाकी वर्णमालासे सम्बन्धित।
cadmic a. राँगेका-सा।
cadmiferous a. कैडमियम (मृज्य धातु) पैदा करने-वाला, राँगा देनेवाला।
cadmium n. (राँगेसे मिलती-जुलती) मृज्य धातु, नीलश्वेत धातु;
~ cell, ~ chrome yellow, ~ copper wire, ~ green, ~ lemon, ~ nitrate, ~ orange, ~ purple, ~ red, ~ sticks, ~ vermilion, ~ yellow.
cadrans n. अनीक-खण्डन-यन्त्र, जौहरियोंका औजार जिससे जवाहरात वगैरह काटते हैं।
cadre n. वर्ग, संगठन; ढाँचा; (सेना०) संवर्ग, सैन्य टुकड़ीकी स्थायी व्यवस्था; सेवा-स्तर।
caduceus n. (pl.-*ci*) प्राचीन सन्देश-वाहकोंका दण्ड।
caducibranchiate a. अस्थायिक्लोम, पूर्ण वयस्कताके पूर्व पक्ष झाड़नेवाला।
caducity, n. फुर्तीली प्रकृति; अस्थिरता, नश्वरता; (कार्य समाप्त होने पर) पतनशीलता।
caducous a. (वन०) आशुपाती, शीघ्र विशीर्ण होनेवाला, तुरन्त छितरानेवाला।
caecal, caeciform aa. अन्धान्त्रका(सा), बड़ी आँतके पहले भागका-सा।
caecitis n. अन्धान्त्र-शोथ, बड़ी या कानी आँतकी सूजन।
caecum n. (pl. -*ca*) उण्डुक, बन्द नली, बन्द मुँहकी नली; अन्धान्त्र, दूध पिलानेवाले पशुओंकी बड़ी आँतका पहला हिस्सा।
Caesar n. (सीज़र ऑगस्टससे हेड्रियनतकके) रोमके सम्राटोंकी उपाधि; सीज़र, उक्तकालीन रोमका युवराज; नागरिक सत्ता।
Caesarean[1], **-ian** n. सीज़रके पक्षका।
caesarian[2], **-ean** a. सीज़रसे सम्बन्धित, सीज़रोंका; साम्राज्य-सम्बन्धी।
Caesarism n. एकतन्त्रवाद, एकतन्त्र शासन।
Caesarist n. एकतन्त्रवादी, एकतन्त्रका समर्थक।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: MoE

caesious a. हलका नीला, ईषत् सित-नील (रंग)।
caesium n. द्युतधातु, लचीली श्वेत रौप्य-धातु।
caespitose a. दूर्भकवत्, तृणवाला, तिनकेसे संलग्न।
caesura n. छन्द-विराम, यति।
caesural a. छन्द-विराम-सम्बन्धी, यतिसम्बन्धी, यति-विषयक।
cafe n. कापेय-गृह, कॉफी हाउस, कैफे; विश्रान्ति-गृह, आहारिका।
cafeteria ⊙ n. आहारिका, अन्नपूर्णा, रेस्ताँ।
caffeic a. (रसा०) कापेयिक, कॉफीका।
caffeine n. कापेयी, कैफीन; (चाय और कॉफीके पौधोंमें पाया जानेवाला) शाक।
caffeism n. अतिकापेयिता, कैफीनके अति सेवनके कारण अस्वस्थता।
Caffre दे० KAFIR.
caftan n. ईरानी जामा; खफ्तान।
cage[1] n. बन्दिकोष्ठक, पंजर, पिंजरा, झाँपा, कठहरा; कारागार; (खनि०) उत्थापक, झूला उतारने या निकालनेका ढाँचा; विभिन्न प्रकारका ढाँचा।
cage[2] v.t. पिंजरमें बन्द करना, झाँपेमें रखना।
cageling n. पिंजरस्थ पक्षी, पिंजड़ेकी चिड़िया।
cagey ⊙ a. विचक्षण, बुद्धिमान्, दूरदर्शी, चतुर, चालाक।
cahoots ⊙ n. हस्तत्राण, हाथका मोजा, दस्ताना।
caiman दे० CAYMAN; कुम्भीर।
Cain n. भ्रातृहन्ता, उपद्रवी, हत्यारा; *raise* ~ उपद्रव करना, गड़बड़ी मचाना।
cainozoic a. (भूगर्भ०) उपद्रवयुगीन, तीसरे महान् भूगर्भयुगसे सम्बन्धित।
caique n. दर्रा दानियालकी छोटी हलकी नाव, रोम उपसागरका जहाज।
cairn n. चिह्नोत्कर, उच्चिह्न, चाँदा; टीला; (सारक या कब्र या सीमाचिह्न आदिके रूपमें) पत्थरोंका स्तूपाकार ढेर; (~*terrier* भी) टेरियर-कुत्ता।
cairngorm n. पीतमणि, पीताश्म, (पीला या अंगूरी रंगका) एक कीमती पत्थर।
caisson n. (गोलाबारूदका) सन्दूक या गाड़ी; पानीमें नींव डालनेके लिए बड़ा पीपा; नावके आकारका छोटा जहाज।
caitiff n. & a. बन्दी, दास (व्यक्ति); शठ, नीच, घृणित (मनुष्य); कायर (तापूर्ण)।
cajole v.t. अनुकूल करना, फुसलाना, झाँसा देना; झाँसा देकर ठगना।
cajolement n. झाँसा, धोखाधड़ी।
cajoler n. ठग, धोखेबाज।
cajoling n. झाँसा, फुसलाहट, ठगी, धोखेबाजी।
cake[1]* n. अपूप, फुलपूर, छोटी रोटी; पतली जईकी रोटी, चपाती; (सामान्यतया पश्चदेशीय) केक*; केकके समान पदार्थ; सम्पिण्डित पदार्थ, टिकिया; ~s and ale आनन्द-भोग, शराब और कबाबकी मौज; ~-walk (नीग्रो समुदायमें प्रचलित) एक प्रकारका नृत्य।
cake[2] v.t. & i. पिण्ड बनाना, केक बनाना।
calabash n. तितलौकी; अमरीकी तूँबेका फल; तूँबा, तूँबी।
calaboose ⊙ n. कारावास (कालावास), सामान्य कारागार, सार्वजनिक जेलखाना।
calamine n. विबचि, (एक खनिज पदार्थ)।
calamitous a. विपत्तिपूर्ण, विपत्तिकारक।
calamitousness n. विपत्ति; विपत्तिपूर्णता, विपदाकारकता।
calamity n. विपदा, विपत्ति, घोर दुःख, भयंकर संकट।
calando a. मन्द्र-स्वरावरोहण, धीरे-धीरे ध्वनिका उतार।
calash n. कलाश गाड़ी, छोटी झाँपदार गाड़ी; गाड़ीका टप; (कनाडामें) दो पहियेकी एकासनी गाड़ी।
calcaneum n. प्रगुल्फास्थि, एड़ीकी हड्डी।
calcar n. चूर्णभ्राष्ट्र, भट्ठी या चूल्हा (काच-निर्माणमें प्रयुक्त)।
calcareous, ~ious a. चूर्णमय, चूनेदार, चूनेकी, चुनीली, चूना-सम्बन्धी।
calceolaria n. द्रोणसुमन, (जूतेके आकारके फूलोंवाला) एक पौधा।
calcic a. चूनेके सारसे सम्बन्धित, कैलशियमके सारवाला।
calciferous a. चूर्णयुत, चूर्णसृज, चूनेका कार्बन क्षार देनेवाला।
calcific a. चूर्णयुत, चूनेसे निर्मित, चूनेवाला।
calcification n. चूर्ण-परिवर्त्तन, चूनेमेंसे बदलनेकी क्रिया; पत्थर होना।
calcify v.t. & i. चूनेमें बदलना; चूनेसे बदलना; चूनेके नमकोंकी तह जमाना; पत्थर बनाना, कड़ा करना।
calcimine n. & v.t. (दीवारोंकी) सफेदी (करना), हलकी पीली पुताई (करना)।
calcination n. निस्तापन, भस्मीकरण, फूँकना, राख कर देना।
calcine v.t. & i. निस्तापन करना, फूँककर या जलाकर चूना बनाना; जलाकर राख करदेना; भस्म बनाना, फूँकना; जलना, भुनकर बनना।
calciner n. भस्मीकर्ता, भस्म-निर्माता।
calcite n. चूर्णाश्म, चूनेका कच्चा कार्बन क्षार।
calcium n. चूर्ण-सार, चूनेका सार, चूनेकी धातु, कैलशियम;
~ chloride tower, ~ content, ~ deposit, ~ nitrate, ~ soap.
calcography n. ताम्रचित्रण, ताम्रचित्रणकी कला।
calculability n. गण्यता, माप्यता, मापे जानेकी योग्यता; गणना, हिसाब।
calculable a. गण्य, गिने जाने योग्य, माप्य, मापे जाने योग्य; हिसाब-योग्य; विश्वास-योग्य।
calculate v.t. & i. कलन करना, अनुकलन करना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

गणना करना, गिनती करना, हिसाब लगाना; निरूपण करना, सुविचार करना; व्यवस्था करना; अपनाना, भरोसा रखना; अनुमान करना, मान लेना, विश्वास करना ⊙ ।

calculated a. गणित; परिगणित, कलित, परिकलित; उपयुक्त ।

calculating a. गणना करनेवाला, हिसाबी, गिननेवाला ।

calculation n. कलन, परिकलन, गणना, हिसाब; अनुमान; भविष्य-कथन ।

calculative a. कलनीय, परिकलनीय, गणना-विषयक, हिसाब-सम्बन्धी, हिसाबी ।

calculator n. कलयिता, परिकलक, गणक, गणना करनेवाला, हिसाब लगानेवाला; योगकी तालिका; गणन-यन्त्र, गणना करने या जोड़नेकी मशीन ।

calculatory a. गणनासम्बन्धी, गणनात्मक ।

calculous a. उपल-सम्बन्धी; पथरीसे पीड़ित ।

calculus n. (चिकित्सा०) उपल, पथरी; (गणि०) कलन, गणनाका प्रकार-विशेष ।

caldron दे० CAULDRON.

Caledonian a. & n. प्राचीन स्काटलैण्डका (निवासी) ।

calefacient n. (चिकित्सा०) ऊष्मजन, ऊष्णता उत्पन्न करनेवाली ।

calefaction n. ऊष्मोत्पत्ति, ताप-प्रभव; उष्णता, गरमाहट पैदा होनेकी अवस्था ।

calefactory a. ऊष्मोत्पादक, गरमाहट पैदा करनेवाला ।

calendar[1] n. पंचांग, जन्त्री, पत्रा, कैलेण्डर; सूची, तालिका, नियमावली, रजिस्टर; (कालक्रमसे लगाये हुए सारांशों सहित) पत्रक, कागज-पत्र;
~ day, ~ month, ~ statement, ~ year, ~ year statistics.

calendar[2] v.t. प्रविष्ट करना, सूचीमें टाँकना, दर्ज करना; (कागज-पत्रका) क्रम देना, अलगाना, सूची बनाना ।

calendarer n. सूची बनानेवाला, रजिस्टर रखनेवाला ।

calender[1] n. दबानेवाला, इस्त्री (प्रेस) करनेवाला ।

calender[2] v.t. दबाना, इस्त्री (लोहा) करना ।

calendry n. दबाने या इस्त्री (प्रेस) करनेका स्थान ।

calends n. (pl.) रोमके कैलेण्डरका पहला महीना ।

calendula n. गेन्दुक, गेंदा (फूल) ।

calenture n. अयन ताप, सूर्याघात, मूर्च्छा (जिसमें मल्लाह आदि समुद्रमें कूद पड़ते हैं), गरम देशोंका मल्लाही बुखार ।

calf[1] n. (pl. *-ves*) (गायका) बछड़ा, बछिया; (हाथी, ह्वेल और हरिणोंके) शावक, बच्चे; (नौवि०) बर्फकी बहती हुई चट्टान; बच्चा; ~-love बचकाना प्रेमव्यापार, *golden* ~ पूज्य धन ।

calf[2] n. (pl. *-ves*) पिण्डुली; मोजेकी पिण्डली ।

calfhood n. बछड़ापन, बचपन ।

calfish a. बछड़ेके समान; मूर्ख, भोला ।

caliborn n. (दे० CANNIBAL.) पशुप्रकृतिवाला, हीन मनुष्य ।

calibrate v. t. अंशांक मापना, व्यास नापना, व्यासका पता लगाना; (नली, नलके) व्यासकी गड़बड़ीका अनुमान करना ।

calibration n. स्तंकन, अंशन, अंशशोधन, अंशांकन, व्यास-मापन, व्यासका अनुमापन ।

calibre, caliber nn. (बन्दूक या नलीका) आन्तरिक व्यास या मुहाना; महत्त्व, हैसियत; जीवट, चरित्रबल ।

calibred, -erd aa. महत्त्वपूर्ण, प्रभावपूर्ण ।

caliche n. उपक्षारक, (दक्षिणी अमरीकामें पाया जाने वाला) शोरा, रेह ।

calico a. & n. छींटका (कपड़ा), सफेद बिना छापेका धुला हुआ (कपड़ा); बरेसी; श्वेताभ कृष्ण, कृष्णाभ श्वेत, काले-भूरे रंगका;
~ flavin, ~ printing, ~ yellow.

calid a. तप्त, जलता हुआ, गरम ।

calidity n. ऊष्णता, गरमाहट, ताप ।

caligo n. नेत्र-रोग ।

caligraphy n. = CALLIGRAPHY.

caliology n. नीड़-विज्ञान, पक्षियोंके घोंसलेका विज्ञान ।

calipash, calipee nn. कछुएका चर्बीदार मांस; (*calipash*) ऊपरी खोलके नीचे हलके हरे रंगका खोल; (*calipee*) नीचेवाले खोलके बाद हलके पीले रंगका खोल ।

calipers n. व्यासमिति, व्यास-मान, गोल वस्तुका व्यास ।

caliph, -lif nn. खलीफा, मुहम्मद साहबका उत्तराधिकारी, मुसलमानोंका मुख्य राजनीतिक और धार्मिक प्रधान ।

caliver n. (सोलहवीं शतीकी) छोटी बन्दूक; नापनेका परकार ।

caliphate n. खिलाफत, खलीफाका पद या कार्य ।

calix n. (pl. *-ices*) = CALYX.

calk[1] n. & v.t. (जूते या घोड़ेकी नालमें) कीला (लगाना), खीला (ठोंकना) ।

calk[2] v.t. चित्रलिपि उतारना ।

calkin n. (मुड़े हुए सिरेवाली) घुड़नाल, सामनेको मुड़ी हुई धार; (जूतेके रक्षार्थ लगी हुई) ठोकर ।

call n. चिल्लाहट, चीख-पुकार; उपस्थिति; (पक्षियोंकी) चहचहाहट; चहचहाहटका अनुकरण; चहचहाहटका रिकार्ड; बिगुल, संकेतकी सीटी; निरीक्षण, निगरानी; रस्मी मुलाकात, (जैसे *pay* ~ = रस्मी मुलाकात करना); निमन्त्रण, न्यौता, बुलावा; कर्तव्य; आवश्यकता, अवसर; (कम्पनीके हिस्सेदारोंसे धनके लिए) माँग; (सराफामें निश्चित तिथि पर) मालके दावेका अधिकार; (ताशमें बोली बोलनेका) अधिकार, बारी, बोली; ~ bird आकर्षविहग, पाला हुआ पक्षी जो दूसरी चिड़ियोंको फँसानेमें प्रयुक्त होता है;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~-boy (अभनेताओंको बुलानेवाला) पात्रबोधक वा प्रॉम्पटरका नौकर; ~ money याचनाराशि, कर्जका वह रुपया जो माँगने पर तुरन्त लौटाया जाय; *at, within* ~ आदेशके लिए तैयार; ~ *over* (उच्चस्वरसे) दामोंकी सूची पढ़ना;

~-bell, ~-book, ~ day, ~ deposit ~ loan, ~ money market, ~ number, ~ option.

call[2] v.t. & i. चिल्लाना, चीखना, जोरसे बोलना; (चिड़िया, तुरही आदिका) विशेष शब्द निकालना; चिल्ला उठना; नाम पुकारना; (तुरुपके लिए) संकेत करना; भेंट करना, मुलाकातके लिए जाना; उपस्थिति लेना, पुकार करना: (शा०एवं ला०) बुलाना, बुला भेजना, तलब करना; उपस्थिति या हाजिरी चाहना; प्रसारण करना; (ताशमें विरोधीको खेलनेके लिए) निर्देश करना, कहना; जगाना, आमन्त्रित करना; ~ *attention to* ध्यान दिलाना; ~ *away, off* (ध्यान, विचार आदि) बदलना, बँटाना; ~ *forth* प्रकट करना, निकलवाना; (उत्तर आदि) माँगना; ~ *in question* आपत्ति प्रकट करना; ~ *into play* अवसर देना; ~ *out* प्रकट करना; चुनौती देना; ~ *over the coals* धिक्कारना, झिड़कना; ~ *to account* हिसाब माँगना, पूछना; ~ *to mind* स्मरण करना, याद करना; ~ *up* कल्पना करना; (टेलीफोन पर) बुलाना; (सैन्य०) जगाना; समय निश्चित करना।

caller[1] n. बुलानेवाला इत्यादि; भेंट करनेवाला, मुलाकाती।

caller[2] a. & n. ताजी, टटकी (मछली आदि), ठण्डी (हवा)।

calligrapher n. सुलेखक, सुन्दर लिखनेवाला व्यक्ति।

calligraphic a. सुलेखन-सम्बन्धी।

calligraphist n. लेखविशारद, सुलेखन-दक्ष व्यक्ति।

calligraphy n. सुलिपि, सुलेख; लिखावट।

calling[1] n. (क्रियागत अर्थोंमें) आवाहन करना, बुलाना; (विशे० मुक्ति, उपासनके लिए) दिव्य आह्वान; कुछ अच्छा करनेकी प्रवृत्ति; आजीविका, व्यवसाय, व्यापार, पेशा; व्यापार विशेषमें लगे हुए व्यक्ति।

calling[2] ⊙ n. मरहम-पट्टी, ड्रेसिंग।

calling[3] ⊙ a. परिचय; ~ card परिचय-पत्र, विज़िटिंग कार्ड; ~ list अतिथि-सूची, विज़िटिंग लिस्ट।

calliope n. काव्य-देवता, मंगलाचरण-देव।

cal(l)iper n. दैर्घ्यमापक, सरलचाप।

callisthenic a. सौन्दर्य एवं शक्तिवर्द्धक; व्यायाम-सम्बन्धी।

callisthenics n. सौन्दर्य-व्यायाम; व्यायामशास्त्र, व्यायाम-विद्या।

callosity n. किण, चमड़ेकी असामान्य कड़ाई और मोटाई, कठोरता; चेतनाशून्य एवं कड़े भाग, घट्ठा, घेठा, दट्टा।

callous a. (शरीर०, जीव०) कठोर, कड़ा; निर्दय, क्रूर, कट्टर।

callousness n. कठोरता, कड़ापन; निर्दयता, क्रूरता, कट्टरता।

callow a. मुण्डा, बाल-रहित, पंखहीन: अनुभवशून्य, कच्चा; (आयरलैण्ड) निम्नस्थ, नीची (प्रायः बाढ़वाली भूमि)।

callus n. किणक, मांस-ग्रन्थि, गाँठ।

calm[1] n. शान्ति, स्थिरता, ठहराव।

calm[2] v.t. & i. शान्त करना या होना।

calm[3] a. (शा० एवं० ला०) निर्वात, निश्चल, शान्त; (बोल०) दुर्विनीत।

calmative a. & n. शान्तिकारक (ओषधि)।

calmness n. धैर्य, शान्ति; स्थिरता, ठहराव।

calmy a. प्रशान्त, नीरव।

calomel n. पारदनीरेय, रसकपूर, कैलोमल (पारेके योगसे बनी हुई एक दस्तावर दवा)।

calorescence n. (भौति०) ऊष्मप्रकाशिता, तापदीप्ति, तापकिरणोंका प्रकाश-किरणोंमें परिवर्तन।

caloric n. उष्मिक, ताप, ऊष्णता, हरारत, गर्मी।

caloricity n. उष्मवत्ता, तापशक्ति।

calorie n. तापांकक, तापमानकी इकाई।

calorifacient a. उष्मकर, गर्मी उत्पन्न करनेवाला।

calorific a. उष्मकर, तापजनक, दाहकारक।

calorimeter n. ताप-मान, उष्णता-मापक यन्त्र, उष्मान।

calotte n. (प्राणि०) टोपिका; टोपी।

calotype n. एक प्राचीन छाया-चित्र-पद्धति।

caloyer n. यूनानी गिरजाघरका साधु।

caltrop n. (सैन्य०, शत्रुपक्षके घोड़ोंका पैर तोड़नेमें प्रयुक्त) चतुःशूल, चार काँटोंवाला गोला; गोखरू, हाथी-की चिग्घाड़।

calumet n. (अमरीकी, देशी) निगाली, नलीदार मिट्टीका हुक्का; सन्धि या शान्तिका प्रतीक; *smoke the ~ together* सन्धि करना, शान्ति स्थापित करना, मिलाप करना।

calumniate v.t. अभियोग लगाना, आरोप करना; कलंकित करना; निन्दा करना, चुगली खाना।

calumniation n. कलंक, अभियोग, दोष, आरोप।

calumniator n. आक्षेपकारी; आरोपकर्ता।

calumniatory a. कलंकपूर्ण, आक्षेपयुक्त।

calumnious a. दोषी, दोषपूर्ण, दोषाक्रान्त।

calumniousness n. दोषिता, दोषपूर्णता, दोषाक्रान्तत्व।

calumny n. मिथ्या अभियोग, झूठा आरोप; अवितथ आक्षेप; निन्दापूर्ण विवरण।

Calvary n. (रोमन कैथालिक चर्चमें) ईसाकी सूलीकी जगह या उसकी अनुकृति।

calve v.t. & i. बछड़ा देना, बच्चा देना, ब्याना; हिम गिरना; हिमशिलाका गिरना।

calved a. पिण्डुली युक्त, पिण्डलीदार।

Calvinist a & n. कालविनका अनुयायी, पापमोक्षवादी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

Calvinistic(-al) a. कालविन-वाद-विषयक, कालविन-मत सम्बन्धी ।
Calvinize v.t. & i. कालविन-मतानुयायी बनाना वा होना ।
calvities n. खल्वाटता, गंजापन ।
calx n. (pl. *~ces*) भस्मा, भस्म, कुश्ता, फुँकी हुई धातु ।
Calycanthus n. शोणपुष्प; उत्तरी अमरीकाकी एक झाड़ी ।
calycular, calyculate aa. पुष्पकोश-, परिकोश-युक्त ।
calycle n. (वन० शा०) पुष्पकोश, परिकोश, परिकोशको घेरनेवाली पंक्ति, बीजका संलग्न शीर्षभाग ।
calyx n. (वन०) पुष्पकोश, परिकोश, कटोरा, फूल कटोरी; आलवाल ।
cam n. (मशीन इत्यादिमें चक्राकार गतिको पारस्परिक या विभिन्न गति देनेके लिए निर्मित मशीनके पहिये आदिका) निकला हुआ भाग ।
camaraderie n. घनिष्ठ मैत्री, सौहार्द, दोस्ती ।
camarilla n. कुचक्र, षड्यन्त्रकारि-दल (मन्त्रियोंके विरुद्ध) ।
camber[1] n. आकुब्जता, कुब्जता, मेहराबदार आकृति, उभारदार भूमि; (*~-beam* भी) किंचित् गोल, घुमावदार बल्ली, मेहराबदार शहतीर; (ज्वार-भाटा आनेका) गोलाई लिये हुए स्थान, जहाजोंके ठहरनेका छोटा स्थान ।
camber[2] v.t. & i. मेहराब बनाना, आकुब्जन करना ।
Camberwell Beauty n. एक प्रकारका भौंरा ।
cambist n. विनिमय-विज्ञ, विनिमय-शास्त्रमें प्रवीण, विपत्र-व्यवसायी ।
cambium n. (वन०) एधा; रेशेकी परत ।
Cambrian a. & n. केम्बरी, वेल्सका (निवासी); (भूगर्भ०; वेल्स और कम्बरलैण्डकी आदिम शिलाओंपर स्थित) त्रिखण्ड युग; प्राचीनकालिक चट्टानोंसे सम्बन्धित ।
cambric a. & n. महीन सूती कपड़ा; महीन सूती कपड़ेका बना हुआ; रूमाल ।
Cambridge n. (*~ blue*) हलका नीला ।
came[1] n. (जालीदार खिड़कियोंमें सीसेकी) घाई ।
came[2] COME का भूतकालिक रूप ।
camel n. उष्ट्र, दीर्घग्रीव, क्रमेलक, ऊँट; (वाइ०) अविश्वसनीय बात; जहाज तैरानेकी मशीन; *~'s hair* (ऊँट या गिलहरीके बालोंकी बनी हुई) कूँची, तूली, ब्रुश;
~-cart, ~-driver, ~'s foot, ~ hair brush, ~-hide, ~-load, ~man, ~-pelt, ~ skin ~'s thistle, ~-track.
cameleer n. उष्ट्रपाल, उष्ट्रपालक, ऊँटहारा, ऊँट हाँकनेवाला ।
camellia n. (चीन-जापानका) चैन, एक सदाबहार पुष्पवृक्ष, एक सदाबहारी झाड़ी ।
camelopard n. दे० GIRAFFE.
camelry n. ऊँट सवारी ।
Camembert n. नरम बढ़िया नॉर्मन पनीर ।
cameo n. उत्कीर्ण प्रस्तर; प्रस्तरोत्कीर्ण चित्रण, पत्थरमें उभरी हुई नक्काशी ।
camera* n. (न्यायाधीशों, वकीलों, जजों इत्यादिका) गुप्त वा अँधेरा कक्ष; फोटोग्राफ लेनेवाला यन्त्र, चित्रक, कैमरा*;
~ gun, ~ lucida, ~man.
camerated a. चापाकार, मेहराबदार बना हुआ; कक्ष-विभक्त ।
camerlingo n. पोपके नीचेका पादरी ।
camion n. तोप ढोनेवाली गाड़ी ।
camisado n. निशाभियान, तमसाक्रमण, सैनिकोंके द्वारा रात्रिमें शत्रुपर आक्रमण ।
camisole n. (सामान्यतः किनारीदार) अँगिया, सलूका ।
camlet n. विभिन्न वस्तुओंके योगसे बना हुआ हलका गरम कपड़ा; ऊँटके ऊन और रेशमसे बना हुआ कीमती कपड़ा ।
cammock n. सहस्रपर्णी, एक पौधा ।
camomile, ch- n. कर्पूर-पुष्प, सुगन्धित कलमी लता; मिश्रित जातिके पौधे (जैसे, *purple, ~tea*) ।
camouflage n. & v.t. निगोपन, छलावरण (से छिपाना), छद्मावरणसे छिपाना; (जहाजों आदिकी बाह्य रेखाको विभिन्न रंगोंके योगसे) अलक्षणीय कर देना; (इस उपयोगके लिए) धूएँ ढालों आदिका उपयोग; स्थल विशेषसे लोगोंको हटा देनेका साधन ।
camp[1] n. शिविर, छावनी, तम्बू, कनात, पड़ाव; युद्धार्थ सन्नद्ध सेना; सैन्य-जीवन; (खानाबदोश या यात्रियोंकी) सिरकी, डेरा, खेमा; टाँडा, पड़ाववाले; मतानुयायी; *~-bed, -chair, -stool* मुड़नेवाली सफरी पलंग, कुर्सी या स्टूल आदि; *~-fever* ज्वर-विशेष (जिसमें लाल चित्तियाँ पड़ जाती हैं); *~ fire* शिविर वह्नि, रात्रिमें शिविर समारोह; *~-follower* शिविरका अनुचर, छावनीका सेवक, छावनीका असैनिक अनुचर; मोटिया;
~ account, ~account book, ~ allowance, ~ arrangement, ~ case, ~ cash-book, ~ clerk, ~ commandant, ~ contingent expenditure, ~ copy, ~ correspondence register, ~ dak, ~ dispensary, ~ equipage ~ equipment, ~ expenses, ~ furniture, ~ guard, ~ labour, ~ language ~ requisitions, ~ office, ~ officer, ~ office returns, ~ packets, ~ register, ~ sanitation, ~ site, ~ supply, ~ transport.
camp[2] v.t. & i. पड़ाव-खेमा डालकर रहना; शिविर स्थापित करना, छावनी लगाना, *~ out* तम्बू या मैदानमें ठहरना ।
campaign[1] n. नियमित युद्धक्रम, सैनिक कार्यवाही; युद्ध, लड़ाई; व्यवस्थित आन्दोलन ।
campaign[2] v.t. आक्रमणमें सम्मिलित होना, आन्दो-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: MoE-IKS

लनमें भाग लेना।

campaigner n. *(old ~)* अपनेको परिस्थितियोंके अनुकूल कर लेनेवाला व्यक्ति।

campanero n. सितपक्ष पतत्रि, सफेद पंखोंका एक पक्षी।

campanile n. घण्टाघर, घण्टेकी मीनार।

campanologer, -ologist nn. घण्टाविद्यामें निष्णात।

campanological a. घण्टा-विद्या-सम्बन्धी।

campanology n. घण्टाशास्त्र, घण्टाविद्या।

campanula n. (घण्टी जैसे फूलोंवाले) पौधोंका एक प्रकार।

campanulaceous a. घण्टिकाकार, घण्टीका-सा।

campanulate a. (जीव० एवं वन०) दे० CAMPANULACEOUS.

campestral a. क्षेत्ररोही, खेतमें होनेवाला; क्षेत्रीय, खेत सम्बन्धी।

camphine n कर्पूरी।

camphor n. कर्पूर, कपूर;
~ flowers, ~ gum, ~ ice, ~ laurel ~ liniment, ~ oil, ~ plant, ~ tree, ~ tree of China, ~ tree of Japan, ~ water, ~ wood.

camphorate v.t. कर्पूरापूरित करना, कपूरसे भरना या बसाना।

camphorated a. कर्पूरित, कपूर मिला हुआ।

camphoric a. कर्पूरीय, कपूरी।

campion n. कैम्पियन, फूलवाला एक पौधा विशेष।

campus n. शिक्षा-संस्था, कालिज; स्कूल या कालिजका मैदान ⊙।

campylotropous a. (वन०) वक्रावर्त; घण्टाकार (वस्तु)।

cam-wood n. रक्तिमा-काष्ठ, लाल रंग उत्पादक लकड़ी।

can[1] n. कनस्तर, टीन, बालटी, डोलची; डोलचानुमा लंगर; (रासायनिक मुहरबन्दीके लिए) टीनका-सन्दूक ⊙।

can[2] v.t. टीन या डिब्बेमें रखना।

can[3]* v. aux. सकना*; अनुज्ञात होना, योग्य होना (जैसे, *you ~ go.*); इच्छुक होना, प्रवृत्त होना (जैसे, *~ laugh for joy*)।

canaille n. जन-सम्मेल, भीड़, विद्रोही जमघट।

canal[1] n. भोजन-नलिका, खाद्यनली; कुल्या, नहर; सिंचाईके निमित्त बनी हुई नाली; (जीव०) (घोंघेकी) नली, श्वासनली;
~ bank plantations, ~ boat, ~ charge, ~ colony, ~ colony plantations, ~ department, C~ Deputy Collector, ~ dispensary, ~ dues, ~ officer, ~ patrol, ~-pipe-line, ~ plantations, ~ rays, ~ revenue, ~ rules, ~ strip, ~ system, ~ tail, ~ theory of tides, ~ traffic, ~ tunnel, ~ water, ~ works.

canal[2] v.t. (-ll-) कुल्याएँ निर्मित कराना, नहरें बनाना या बनवाना।

canaliculate, -ated aa. (प्राकृतिक इति०) लम्बी नालियोंवाला, घाईदार, झरीदार; रेखामय, लकीरदार।

canalization n. कुल्यीकरण, नहर-कराई।

canalize v.t.=CANAL[2]; (ला०) इच्छित दिशा या मोड़ प्रदान करना।

canape n. एक प्रकारका खाद्य-पदार्थ, बुभुक्षोद्दीपक वस्तु।

canard n. गप, कल्पित कथा, झूठी कथा।

canary a. &. n. कनारी द्वीप (से), कनारी चिड़िया, पीतचटकी; ~ creeper कनारी बेलि, पीले फूलवाली एक बेलि।

canasta n. पत्र-द्यूत, ताशसे जुआका खेल (दक्षिणी अफ्रीकामें)।

canaster n. तम्बाकूका चूरा।

cancan n. वासनोद्दीपक नृत्य, (फ्रांसीसी) कनकन नाच।

cancel[1] n. रद्द; तैयार पृष्ठोंका निषेध और पुनः प्रकाशन; निषिद्ध एवं पुनः प्रकाशित पृष्ठ।

cancel[2] v.t. & i. (-ll-) लोप करना, मिटाना, काटना, कलम फेर देना, रद्द करना; निरस्त करना, उन्मूलन करना, व्यर्थ ठहराना, नष्ट करना, प्रतिकूल आदेश करना, मंसूख करना; पूर्ति करना; (~ *out* भी) वस्तुओंको परस्पर अलगाना; (गणि०) अंश और हरको एक ही राशिसे काटना; समीकरणकी दो राशियोंको काटना।

cancellate, -ated aa. (वन० एवं जीव०) रेखाओं-वाला, कटावदार, जालीदार; जुड़े हुए स्तरों और रेशोंसे बना हुआ; सछिद्र, सूराखदार, झरझरा।

cancellation n. अपाकरण, निरसन, लोप, उन्मूलन, प्रतिकूल आदेश, काट, मंसूखी; अपवर्तन, विलोपन।

cancellous a. (हड्डी) सछिद्र, जालीदार, झरझरी।

cancer, C— n. कर्कराशि, राशिचक्रमें चौथी राशि; कर्कट रोग, यमार्बुद, कैंसर; राजफोड़ा, नासूर; (ला०) बुराई (आलस्य, घूसखोरी आदिकी); ~wort अर्बुदान्तक; Tropic of C~ कर्करेखा।

cancerate v. i. नासूरका रूप धारण करना; यमार्बुद-ग्रस्त हो जाना, कैंसरका मरीज होना।

canceration n. यमार्बुद-ग्रस्त होनेकी दशा, कैंसरका प्रभाव या कोप।

cancered aa. कर्कटरोगीय, नासूर-विषयक, कैंसरवाला।

cancerous a. यमार्बुदवत्, कैंसरकी तरह; नासूर-सम्बन्धी, यमार्बुद-ग्रस्त, कैंसर-रोगसे त्रस्त, नासूरका (फोड़ा)।

cancriform a. कर्काकार, कैंसरके रूप जैसा, नासूर जैसा।

cancrine a. कर्कटीय, कर्कवत्, केकड़ेकी प्रवृत्तिवाला।

cancroid a. केकड़ेके सदृश।

candelabrum n. (pl. *-bra*) दीपबाहु, बड़ा दीपाधार, झाड़।

candent a. तीव्र-ताप-ज्वलित, जलता-बलता।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

candescence n. तीव्र ऊष्मा, अतिताप, तेज़ गरमी।
candescent a. =CANDENT.
candid a. निष्पक्ष, निष्कपट, निश्छल, खरा; स्पष्टवक्ता, सरल, साफ दिल (जैसे, ~ *friend*)।
candidacy ⊙ CANDIDATURE.
candidate n. पदाभिलषी, अभ्यर्थी, प्रार्थी, उम्मीदवार।
candidateship n. अभ्यर्थिता, उम्मीदवारी।
candidature n. अभ्यर्थिता, (चुनावके लिए) उम्मीदवारी।
candidness n. स्पष्टता, निश्छलता, खरापन, साफदिली।
candied a. प्रकाशमय, चमकदार; (प्रा०) कन्दयुक्त, मधुमय, मधुर; खुशामदी।
candle n. वर्तिका, सिक्थ-वर्ति, मोमबत्ती; ~ coal वर्त्यंगार, एक तरहका कोयला जो बत्ती-सा जलता है; ~ light मोमबत्तीका प्रकाश, कोई रोशनी; शाम दिया, चिराग; ~-power वर्ति-शक्ति, प्रकाशमानकी इकाई; ~-stick दीपाधार, मोमबत्तीका आधार, शमादान; *burn ~ at both ends* दोनों हाथों लुटाना, उड़ाना, अस्सीकी आमदनी चौरासी खर्च; *the game is not worth the ~* दमड़ीकी मुर्गी टका निकाई;
~-bark, ~ black, ~-wick.
Candlemas n. देवी मरियमके स्नानका दिन, ईसाइयोंका एक त्यौहार; २ फरवरी।
candour n. सरलता, उदारता, निष्पक्षता, निर्दोषता, अकपटता, स्पष्टवादिता, साफदिली।
candy[1] n. (*sugar* ~ भी) कन्द, खाँड़, मिश्री; (pl.) मिठाई ⊙।
candy[2] v.t. & i. पागना, खाँड़ चढ़ाना; कन्द-मिश्रीकी गोलियाँ बनाना।
candytuft n. चिपिटगुच्छ, (सफेद, गुलाबी और बैंगनी रंगके गुच्छेदार फूलोंवाला) एक पौधा।
cane[1] n. गन्ना, बाँस आदि; वेतस्, बेंत, छड़ी, लाठी; डण्डा, कमची ⊙; लाख, गन्धक या शीशेकी छड़ या बत्ती; ~-sugar इक्षु शर्करा, गन्नेकी खाँड़; sugar-~ इक्षु, गन्ना;
~ blight, ~ borer, ~-brake, ~ brimstone, ~-carrier, ~-chair, C~ Commissioner, ~ crop, ~-crusher, ~-crushing, ~ cultivation, ~ development, ~-grower, ~-testing station, ~ tiffin basket, ~ trash, ~-tray.
cane[2] v.t. दण्ड देना, बेंत लगाना, (बेंतसे) पाठ पढ़ाना, सीख देना; (कुर्सी आदिमें) बेंत बुनना।
canephor n. नारी-प्रतिमा (सिरपर टोकरी लिये हुए)।
canescent a. सितरोमी, (प्रा०), श्वेत रंगका।
canful n. बाल्टीभर, डब्बाभर।
cangue, cang n. एक अपराध-दण्ड-विधि (चीनमें)।
canicide n. श्व-हनन, कुत्तोंकी हत्या।
canicular a. अत्यधिक उष्ण, बहुत गरम।
canine a. & n. कुक्कुर-सम्बन्धी, कुत्तेका, कुत्तेके समान; ~ appetite अतृप्य बुभुक्षा; ~ laugh व्यंग-हास; ~ tooth श्व-दन्त, सुवा दाँत।
caning n. दण्ड देना, बेंत लगाना; बेंत बुनना इत्यादि।
canister n. वपनी, टीन, डब्बा, कनिस्तर; (रोमन कैथालिक) प्रसाद-पात्र, प्रसाद रखनेका बर्तन।
canker n. वल्क-व्रण, फोड़ा, मुँहका नासूर; घोड़ोंके पैरका रोग; फलवाले वृक्षोंका एक रोग; (ला०) विकार, कलंक; ~ worm, or ~ कीड़ा, लार्वा, पत्तों और कलियोंको खा जानेवाला कीड़ा।
canker[2] v.t. विकृत हो जाना, सड़ना, सड़ जाना, कीड़ा लग जाना।
cankered a. विकृत, विषम, क्षयप्राप्त, कीड़ा लगा हुआ, सड़ा-गला।
cankerous a. घुनिया, घुन लगा देनेवाला, सड़ा देनेवाला।
cankery a. =CANKERED
canna n. एक सदाबहार पौधा, कैना।
cannabin n. विजयि, भाँगका सत।
canned a. डब्बाबन्द, टीनबन्द, (ग्रा०) छका हुआ, शराब पिये हुए।
cannel n. पत्थरका कच्चा कोयला।
cannelure n. गोलीके बेलनमें की नाली, झरी।
canner n. डब्बेमें बन्द करदेनेवाला।
cannery n. वपनी-गृह, संरक्षण-शाला।
cannibal n. & a. नरभक्षी, राक्षस; स्वजाति-भक्षी पशु; नरभक्षण-विषयक।
cannibalism n. मनुष्य-भक्षकता, मानव-भक्षण, जाति-भक्षण।
cannibalisic a. मनुष्य-भक्षक, जाति-भक्षकका।
cannikin n. वपनिका, लघु पर्क, छोटा कनस्तर, छोटा कुप्पा, डोलची।
canniness n. मितव्ययिता, सावधानी, चातुर्य, होशियारी।
canning n. वपनीभरण, वपनीयन, डब्बोंमें भरनेकी क्रिया।
cannon[1] n. शतघ्नी, (प्राचीन ढंगकी) तोप; वायुयानस्थ स्वचालित तोप; (यन्त्र) धुरेपर स्वतन्त्र गतिशील खोखला बेलन; घड़ीकी कुंजीकी नाल; (घोड़ेकी लगामका) छोर, चिकना गोल दहाना; (बिलियर्ड) दो-गेंदी मार; (~-*curl* भी) समोसानुमा बड़ा घूँघर; ~ bone जंघानली।
cannon[2] v. i. (बिलियर्ड) दो गेंदी मार मारना; टकराना, तिरछे टकराना।
cannonade n. & v.t. तोपें दागना, छोड़ना, मारना, चलाना; गोलाबारी, बमबारी, गोलन्दाज़ी।
cannot दे० CAN[2]।
cannula n. (शा०) शोषनाली, शल्यचिकित्सामें धातुकी नली।
cannular a. नाल्याकार, नाली जैसा।
canny a. चतुर, काइयाँ, सयाना, होशियार; मितव्ययी; शान्त, सभ्य, चौकस; धूर्त्त, मक्कार।
canoe n. & v.t.. डोंगी, छोटी नाव (चलाना), डोंगी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(से जाना)।

canoeist n. नाविक, मल्लाह।

canon[1] n. प्रनियम, धार्मिक व्यवस्था, मजहबी फतवा; धर्मसूत्र, धर्मादेश, धार्मिक नियम; आचरणार्थ सामान्य नियम; मान-दण्ड; (चर्च द्वारा स्वीकृत) बाइबिलके भागोंकी सूची; ईसाइयोंकी प्रार्थनाका अंश (जिसके शब्द पवित्र होते है); (संगी०) दोरी गीत; (टाइप) टाइपके सबसे बड़े अक्षर; घण्टोंके लटकानेका कड़ा कुन्दा; पादरियोंका पद विशेष।

canon[2] दे० CANYON.

canoness n. उपासिका, धर्म-संस्थाकी ऐसी सदस्या जो धर्म-सिद्धान्तोंसे बद्ध न हो।

canonical a. & n. धर्मगृहीत, धर्मानुसार, आप्त, धार्मिक आदेशोंसे नियुक्त; आधिकारिक, प्रामाणिक, अधिकृत; (संगी०) दोरी गीतकी तर्ज़का; पादरियोंकी सभा या उसके सदस्योंसे सम्बन्धित।

canonically adv. धार्मिक आदेशों द्वारा, यथादिष्ट।

canonicalness n. धर्मनियमानुकूलता।

canonicals n. (pl.) पादरियोंके पहनावे।

canonicate n. = CANONRY.

canonicity n. प्रनियमितता, पवित्र ग्रन्थकी-सी स्थिति या पद।

canonist n. धर्माचार्य, धर्मशास्त्री, धार्मिक नियमोंको जाननेवाला, मजहबी कानून जाननेवाला।

canonistic (-al) aa. धर्मादेशगत, धर्म-सम्बन्धी।

canonization n. सन्तोंकी सूचीमें प्रवेश, सन्तके रूपमें ख्यापन; (ग्रन्थ विशेषको) धार्मिक मान्यताका प्रदान; (गिरजेके अधिकारियों द्वारा) धर्म-व्यवस्था, निर्णय।

canonize v.t. सन्त-सूचीमें सम्मिलित करना; सन्त मानना, सन्त समझना; (किसी ग्रन्थको) प्रामाणिक समझना, अधिकृत करना, धार्मिक मान्यता देना; (गिरजेके अधिकारियों द्वारा) व्यवस्था देना, निर्णय देना।

canonry n. पादरीकी जीवन-वृत्ति या जीविका।

canoodle v.t. & i. (ग्रा०) प्यार करना, दुलार करना।

canopied a. चन्द्रातपावृत, चँदोवासे ढँका हुआ, वितानाच्छादित।

canopy[1] n. वितान, मण्डप, छत्र, छतरी, शामियाना; चन्द्रातप, चँदोवा; (ला०) मेघाडम्बर, आकाश; (स्था० वातायन, ताक आदिका) छज्जा; सूर्य ⊙ (जैसे, *nowhere under the* ~);

~ class, ~ classification, ~ density, ~ differentiation, ~ layer, ~ manipulation, ~ protection.

canopy[2] v.t. मण्डपाच्छादित करना, छत्राच्छादित करना; छज्जा बनाना।

canorous a. सुरीला, मीठा; गमकीला।

cant[1] n. नदीतटका कटाव; (बिल्लौरकी कलमका) तिरछा कटाव; कोण, कोना; दोलन, किनारा धक्का; झटका, ~-board ढलवाँ तख्ता।

cant[2] v.t. ढलवाँ करना, तिरछा करना, कोनिया बनाना; उलट देना, उलट-पलट देना; टेढ़ा करना, झुकाना; धक्का देना; अनुकूल स्थिति ग्रहण करना, झुक जाना; (नौवि०) घूम जाना, तिरछा हो जाना।

cant[3] n. वर्ग-भाषा, वर्गकी विशिष्ट बोली, व्यवसायकी खास बोली, बाजारी जबान; (अस्थायी) सांकेतिक शब्द; शब्दाडम्बर।

cant[4] v.t. सांकेतिक शब्द कहना, निरर्थक बात करना।

cant[5] दे० CAN v.

Cantab, Cantabrigian n. & a. कैण्टब, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालयका स्नातक।

cantabile[1] a. (संगी०) सुरीला, अभिराम-गेय-शैलीमें।

cantabile[2] n. सुर, अभिराम-गेय-शैलीका संगीतांश।

cantaloup n. खरसेटु, एक प्रकारका खरबूजा।

cantankerous a. ईर्ष्यालु, कलही, झगड़ालू।

cantankerousness n. ईर्ष्यालुता, कलह, झगड़ा, झगड़ालूपन।

cantata n. कथाकाव्य; (संगी०) समवेत गान; संक्षिप्त नाट्य; संक्षिप्त भाषण; (पूर्व०) विशद एकक संगीत।

Cantate n. एक भजन।

canteen n. (सैन्य०) (सिपाहियोंका) खानेदार सन्दूक, पानी रखनेका टीन, लकड़ी आदिका बर्तन, तामलोट, जलपात्र; मद्य-गृह, (संस्थाओंका स्वतन्त्र) जलपान-गृह, केन्टीन।

canter[1] n. धीमी सरपट चाल, कदम चाल, दो पोइया।

canter[2] v.t. & i. कदम चाल चलना।

canterbury n. खानेदार स्टैण्ड, रागपत्रकी घोड़ी या अड्डा।

Canterbury Bell n. घण्टापुष्प, घण्टिकाकार एक पौधा।

cantharides n. (pl.) हरिभृंग, सूखी स्पेनी मक्खी।

cantharus n. चषकविशेष, दीर्घकोश, बड़ा प्याला, दोहत्था प्याला।

canthus n. अपांग, नेत्रकोष, कनखी, आँखोंके कोने।

canticle n. भजन, छोटा गीत; एक ईसाई भजन; (सुलेमानरचित भजन या) गीति।

cantilever n. (छज्जा आदि सम्हालनेके लिए दीवारमें लगा हुआ) शहतीर, तोड़ा, घोड़िया, ब्रैकेट।

canting a. ढोंगी, आडम्बरी, विडम्बनायुक्त।

cantle n. खण्ड, भाग, टुकड़ा; काठी या जीनका पिछला भाग।

canto n. (pl. *-os*) सर्ग, स्कन्ध, पर्व, काण्ड, विभाग; (संगी०) ~ *fermo* उच्चतम संगीत-लय।

canton[1] n. उपमण्डल, प्रान्त, प्रदेश; प्रजातन्त्रका स्विस प्रदेश; (अस्त्र०) ढालके ऊपरी किनारेका एक वर्गाकार चिह्न।

canton[2] v.t. उपमण्डलोंमें विभक्त करना; छावनी डालना, (सिपाहियोंको) ठहराना।

cantonal a. उपमण्डलीय, प्रान्तीय, प्रादेशिक, प्रदेशका।

cantonment n. कटक, शिविर, सेनावास, छावनी;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

लश्कर;
~ area, ~ authority, C~ Board, ~ boundaries, ~ byelaws, ~ cases, C~ Code, ~ committee, C~ Court of Small Causes, ~ dispensary, ~ fund, C~ Inspector, ~ limits, ~ magistrate ~ police-station, ~ register, ~ road, ~ school, ~ tax.

cantorial a. गायकदलके उत्तरका, प्रार्थनास्थलसे उत्तरकी ओरका।

canty a. प्रफुल्ल; संलापप्रिय, बातूनी।

Canuck a. & n. (ग्रा०) फ्रेंच-कनाडीय (आदमी), कनाडाका (निवासी) ⊙।

canvas* n. गाढ़क, किरमिच*, विलायती टाट; (यवनिका चित्रण और कसीदा काढ़नेकी) खुली भूमिका, दौड़की नावका आच्छादित छोर; चित्र;
~ bag, ~ boots, ~ gaiters, ~ goods, ~ holdall, ~ hose.

canvass n. &. v.t. & i. शास्त्रार्थ (करना), वाद-विवाद (करना), बहस (करना); उपार्थन (करना) अनुयाचन (करना), अनुनय (करना), मत (चाहना), वोट (माँगना); (निर्वाचन-क्षेत्रसे) जनमतका पता लगाना; लोगोंका ध्यान आकृष्ट करना।

canvasser n. अनुनयकर्ता, अनुयाचक, मत-संग्राहक, मत या वोट चाहनेवाला।

canvassing n. अनुयाचना, अनुनय, मतसंग्रहका प्रयत्न, वोटकी माँग, कनवैसिंग।

cany n. वेत्रनिर्मित, बेंतकी।

canyon, canon nn. निदरी, नदीवाली घाटी, बहते पानीवाला दर्रा, गहरा सँकरा दर्रा।

canzonet n. लघु गीत।

caoutchouc n. & a. प्रघृषी, हिन्दका रबड़, कच्चे रबड़ (का); कूचुक।

cap[1] n. टोप, टोपी; fools~ कागजका एक साइज़; steel ~ फौजी टोपी; *set* one's ~ *at* (ब्याहके लिए) डोरे डालना।

cap[2] v.t. & i. **(-pp-)** टोपी पहनना या पहनाना; (स्काटलैण्डके विश्वविद्यालयमें) उपाधि प्रदान करना, पदवी दान करना; बन्दूकपर टोपी चढ़ाना; (व्यंग्य विनोदमें) चोटीपर होना; किसी खिलाड़ीको टोपी देना; मात करना; नमस्कारार्थ टोपी उतारना; (घोड़ोंका) ठोकर लगा लेना, चोट खा लेना।

capa n. तमाल-पत्र, एक तरहका तम्बाकूका पत्ता (जो सिगारको लपेटनेके काममें आता है); स्पेनीय चोगा।

capability n. शक्ति, सामर्थ्य, योग्यता, गुण, जौहर; (अविकसित) क्षमता।

capable a. शक्त, समर्थ, योग्य, गुणी, जौहरवाला।

capableness n. सामर्थ्य, योग्यता, समर्थता।

capacious a. विशाल, आयत, विस्तृत, लम्बा-चौड़ा।

capaciousness n. विशालता, आयति, विस्तृति।

capacitate v.t. समर्थ बनाना, योग्य बनाना, क्षमता प्रदान करना; (कानून) अधिकारी बनाना, हकदार बनाना।

capacity n. ग्रहणशक्ति, धारिता, धारकता, समायी, गुंजाइश (जैसे, *filled to* ~); धन-परिमाण; (तरल पदार्थों आदिके लिए) समायी, गुंजाइशका मान; मनः-शक्ति, योग्यता, क्षमता, सामर्थ्य; अवसर; पद, स्थिति, हैसियत, दर्जा (जैसे, *in a civil* ~); अधिकार, कानूनी हक; विद्युत्-समावेश।

cap-a-pie adv. आपादमस्तक, सिरसे पैरतक।

caparison[1] n. (प्रायः pl.) घोड़ेकी सज्जा, अलंकरण-का सामान, झूल, साज, जीनपोश।

caparison[2] v.t. घोड़ेको सज्जित करना, घोड़ेपर जीनपोश (साज) लगाना।

cape[1] n. स्कन्दच्छद, केप, बिना आस्तीनका एक लबादा; ~ cart द्विचक्रशकट, दुपहिया गाड़ी (एक खास किसकी)।

cape[2] a. & n. अन्तरीप (जैसे, *C~ Comarin, C~ of Good Hope*)।

caped a. बिना बाँहका लबादा (केप) पहने हुए।

caper n. & v.i. विचित्र कार्यवाही (करना), उछल-कूद (करना), कूदफाँद (करना), छलाँग (भरना)।

capercailye, -lzie nn. वन्य तित्तिर, जंगली मुर्ग।

caperer n. विशेष उछलने-कूदनेवाला; एक प्रकारकी तितली।

capful n. अल्पमात्रा; टोपीभर।

capias n. प्रग्रहण-लेख, वारण्ट-गिरफ्तारी।

capillaceous a. केशसदृश, चिकुरतुल्य, बाल जैसा।

capillaire n. नवरंग-पुष्प-रस, सन्तरोंके फूलसे बसा शर्बत; केश-पर्णांग।

capillarity n. केशालता, केशकी आकर्षण और विकर्षण-शक्ति।

capillary a. & n. केशनाल, केशिका, केशका, केशवत् सूक्ष्म (शिराएँ, नालिकाएँ), अतिसूक्ष्म;
~ action, ~ analysis, ~ apoplexy, ~ attraction, ~ capacity, ~ chemistry, ~ conductivity, ~ electrometer, ~ glass tube, ~ gravitational water, ~ 'held' water, ~ movement, ~ permeability control, ~ pores, ~ porosity, ~ pull, ~ pyrites, ~ repulsion, ~ rise, ~ rise method, ~ slip method, ~ stopcock, ~ tube(-ing), ~ tube method, ~ water.

capital[1] n. स्तम्भशीर्ष, कार्निस।

capital[2] १. a. मृत्युदण्ड-भोग्य (जैसे, ~ *offence*); घातक, अति हानिप्रद; मुख्य, प्रधान; आरम्भिक; महत्त्वपूर्ण, अग्रणी, प्रथम श्रेणीका; सर्वोत्तम, उत्तम, उत्कृष्ट; २. n. राजधानी; पुञ्जी, मूलधन, असल पूँजी; धन, लागत, खर्चकी रकम; भीषण अपराध; ~ punish-ment, sentence प्राणदण्ड, मृत्युदण्ड, फाँसी;
~ account, ~ assets, ~ budget, ~ cost, ~ credit, ~ equipment, ~ expenditure, ~ formation, ~ goods, ~ head, ~ inflow,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:MKS

~ investment, ~ irrigation works, ~ issue, ~ levy, ~ loan, ~ loss, ~ major head, ~ market, ~ outflow, ~ outlay, ~ payments, ~ position, ~ profit, ~ receipt, ~ redemption fund, ~ redemption reserve fund, ~ requirements, ~ reserve, ~ section, ~ stock, ~ transfers, ~value.

capitalism n. पूँजीवाद, महाजनपन, सरमायादारी।

capitalist a. पूँजीवादी, महाजन, सरमायादार।

capitalistic a. पूँजीवादी, महाजनी।

capitalization n. पुञ्जीकरण, मूलधन बनाना।

capitalize v.t. मूलधन या पूँजी रूपमें व्यवहार करना; सम्पत्ति बेंचकर मूलधन करना, मूलमें परिणत करना।

capitally adv. शिष्टतापूर्वक; घातक रूपसे; प्राणदण्ड-भोग्यतापूर्वक।

capitan n. (तुर्की) नौ-सेनाधिकारी।

capitate, -ated aa. (प्रा० इति०) समुण्ड, सिरवाला, गुच्छेदार।

capitation n. (~ tax) प्रतिव्यक्ति (कर, शुल्क); ~ grant प्रतिव्यक्ति अनुदान या पुरस्कार।

Capitol n. रोमन मन्दिर, काँग्रेससदन, काँग्रेस-हाउस ⊙।

capitular a. पादरियोंकी सभाका; (श० र० शा०) चरम अस्थि-सम्बन्धी।

capitulary n. (विशे० फिरंगी राजाओंका) अध्यादेश-संग्रह।

capitulate v. i. आत्मसमर्पण करना, वश्यता स्वीकार करना, (कुछ शर्तोंपर) हथियार डाल देना।

capitulation n. (विषयका) शीर्षकबन्ध; समझौता; समध्यर्पण, शर्तोंके साथ समर्पण; आत्मसमर्पण पत्र।

capitulator n. समध्यर्पक, आत्मसमर्पण करनेवाला।

capitulum n. मुण्डक; फूलका झुप्पा; चरम अस्थि, एक तरहकी हड्डी अध्याय, प्रकरण।

capnomancy n. धूम-ज्यौतिष, धुँएसे भविष्यकी सूचना देना।

capon n. बधिया या खसी मुर्गा।

caponiere n. आच्छन्न निवास; एक प्रच्छन्न मार्ग (दुर्ग-निर्माणमें)।

caponize v.t. बद्धी करना।

caporal n. मामूली तम्बाकू।

capot n. & v.t. **(-tt-)** दाँव जीतना, बाजी मारना, एक खिलाड़ीसे सारी बाजी जीत लेना।

capote n. अङ्गावरण, (सिपाहियों और यात्रियोंका) टोपदार लबादा।

cappagh-brown n. खनिज-बभ्रु, एक प्रकारकी गेरू।

caprate n. नारियलका नमक, नारिकेलीय (लवण), नारिकेलिक अम्लका लवण।

capreolate a. (वन०) सञ्जनीमान्, वृक्ष-तन्तु सदृश; पौधेके तन्तु जैसा।

capric a. अजा-सम्बन्धी, अजा-गन्ध; ~ acid n. अजा-गन्धाम्ल।

caprice n. तरंग, सनक, मनकी लहर, मनकी मौज, वहम; अव्यवस्थितचित्तता, चपलता, चलचित्तता, मनमौजीपन; (कला आदिमें) कल्पना-प्रवणता।

capricious a. चंचल, अस्थिरमन, सनकी, मनमौजी, वहमी।

capriciousness n. चंचलता, अस्थिरता, सनकीपन, मनमौजीपन।

Capricorn n. मकर राशि; Tropic of C~ मकर-रेखा, दक्षिणायनान्त वृत्त।

caprification n. प्रोदुम्बर-पाक-विधि, अंजीरफलको शीघ्र पकानेकी एक विधि।

capriform a. अजाकृति, बकरीकी शक्लका।

caprin n. नारिकेल-घृत; मक्खनमें पड़नेवाली एक प्रकारकी चर्बी।

caprine a. बकरेके समान, बकरेका।

capriole n. & v.t. उछलकूद (करना), खूँद, घोड़ेकी एक ही जगह रहकर उछल-कूद।

caprizant a. कूदता हुआ, उत्कूर्दन करता हुआ।

caproic a. अजासम्बन्धी, बकरीसे सम्बन्धित; ~ acid n. वसायुक्ताम्ल; गव्यिक अम्ल।

capsicine n. रक्तकट्वि, एक खास किस्मकी लाल मिर्चका सत।

capsicum n. (वन०) रक्तमरिच, लाल मिर्चका पौधा, लाल मिर्च।

capsizal n. उलटाव।

capsize n. & v.t. & i. (जहाज, नावका) डूबना, औंधा होना या करना, उलटना, पलटना।

capstan n. लंगरका चर्खा या पहिया।

capsular a. प्रावरीय, बीजकोषसम्बन्धी।

capsulated a. प्रावरावृत, प्रावरयुक्त, कोषयुक्त, पेटीमें बन्द।

capsule n. (श०र०शा०) प्रावर, झिल्लीदार थैली; (वन०) बीजकोष, पुटपेटी, छीमी; (रसा०); भाप आदि देनेवाली उथली तश्तरी; (औषध०) शिलोकी डब्बी; बोतलका डाट या धातुका ढक्कन।

capsuliform a. गोलाकार।

capsuling n. प्रावरण।

captain[1] n. कप्तान; नायक, नेता, सरदार; अधिपति, बलपति, सेनापति, महान् सैनिक; (नौवि०) युद्धपोतका नायक, अधिनाविक; खानोंका मैनेजर; फोरमैन, मिस्त्री; जमादार; (खेलोंमें) दल-नायक।

captain[2] v.t. नेतृत्व करना, मार्गप्रदर्शन करना, कप्तानी करना।

captaincy, captainship nn. सरदारी, जमादारी, कप्तानी, कप्तानका पद।

captainless a. कप्तानके बिना, बिना सरदार।

captation n. जनताको प्रसन्न करनेके लिए व्याख्यान, प्रिय वक्तृता।

caption n. पकड़, कानूनी गिरफ्तारी; दस्तावेजी प्रमाणपत्र; शीर्षक, शीर्षानुलेख।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

captious a. छिद्रान्वेषी, दोषग्राही, विवादी, हुज्जती; भ्रान्तिकर, दोषपूर्ण।
captiousness n. छिद्रान्वेषिता; विवादशीलता; दोषपूर्णता।
captivate v. t. आकृष्ट करना, मुग्ध करना, मोह लेना, लुभाना; बन्दी बनाना।
captivating a. मनोहर, मोहक।
captivation n. विमोहन, मनमोहकता, आकर्षण; बन्दीकरण।
captive[1] n. बन्दी, कैदी, बँधुआ।
captive[2] a. मुग्ध, ग्रहीत, प्रेम-मोहित; बन्दीका, बन्दीका-सा।
captivity n. बन्दि-अवस्था, बन्दिता, कैद।
captor, captress n. ग्रहीता, बन्दी करनेवाला, पकड़नेवाला या वाली, गिरफ्तार करनेवाला या वाली; पुरस्कार जीतनेवाली।
capture[1] n. परिग्रहण, वश, पकड़, बन्दीकरण, गिरफ्तारी; अधिकार; बन्दी, बँधुआ; लूट, बन्दी माल।
capture[2] v.t. वशमें करना, बन्दी बनाना, गिरफ्तार करना।
capturer n. वशकर्ता, ग्रहीता, बन्दी करनेवाला।
capuche n. टोपा, कनटोप (फ्रांसीसी साधुओंके द्वारा पहना जानेवाला।
capuchin n. (जीव०) भिक्षुकपि; जनाना लबादा और टोपी; नियमानुसार फ्रांसिस्की (पादरी)।
caput n. ~mortuum अयोरक्त; (शब्दतः) मृतशीर्ष; निःसार तत्त्व।
car n. यान, रथ, गाड़ी, छकड़ा (जैसे, *the ~ of the Sun)*; ट्रक, मोटरकार; गुब्बारेका आसन, (यात्रियोंको बैठनेके लिए), गुब्बारेका लटकन; मालगाड़ीका डब्बा ⊙।
carabineer n. बन्दूकवाला सिपाही, कड़ाबीनवाला सिपाही, अंग्रेजी रिसाला, छठा ड्रेगून गार्ड्स।
caracole, -ol n. & v.t. कावा (काटना), आधा चक्कर (काटना)।
carafe n. कूपी, मीना, गुलाबदानी, शीशेकी सुराही।
caramel n. (शराब आदिमें रंग देनेके लिए) जली हुई शक्कर; एक मिठाई; हल्का भूरा रंग।
carapace n. (कछुए और छिलकेदार प्राणीका) पृष्ठवर्म, कवच, ऊपरी खोल।
carat n. वर्ण, कैरट, हीरेकी तौल।
caravan n. सार्थवाह, दल, काफिला, कारवाँ; (जानवरों आदिके लिए) बन्द गाड़ी।
caravel, carvel nn. (१५वीं–१७वीं शतीतक) स्पेन और पुर्तगालके द्रुतगामी छोटे जहाज।
caraway n. अजमोदा, सफेद जीरा।
carbide n. प्रांगेय, कार्बनका एक योग।
carbine, cara- nn. कड़ाबीन, छोटी बन्दूक।
carbineer n. कड़ाबीनधारी, छोटी बन्दूकवाला अश्वारोही सैनिक।
carbo-hydrate n. (रसा०) प्रांगोदीय, कारबन व हाइड्रोजन और आक्सीजनका सम्मिश्रण।
carbolic[1] v.t. कार्बोलिक मिलाना, कार्बोलिकसे भरना।
carbolic[2] a. प्रांगविक, कार्बोलिक;
~ acid, ~ lotion, ~ oil, ~ wash.
carbolize v.t. प्रांगवण करना।
carbon n. (रसा०) प्रांगार, कोयला, कार्बन; (विद्युत्) अंकनी, कार्बन पेंसिल;
~ arc, ~ assimilation, ~ bacteria, ~ black, ~ copy, ~ diamond, ~ dioxide, ~ dioxide apparatus, ~ dioxide content, ~ dioxide extinguisher, ~ dioxide snow, ~ electrode, ~ flame, ~ knock, ~ lamp, ~ light, ~ microphone, ~ nitrogen ratio, ~ oxide, ~ paper, ~ pencil ~ point, ~ pole, ~ process, ~ rod, ~ spar, ~ spot ~ star, ~ steel, ~ telephone, ~ tissue, ~ transfer, ~ transmitter, ~ tube.
carbonaceous a. प्रांगारीय, अंगारमय, कार्बनीय; कोयले का, कोयलेका-सा।
carbonado n. प्रांगार-हीरक, कृष्ण हीरक।
carbonate[1] n. अंगाराम्लयुक्त द्रव्य, प्रांगरीय।
carbonate[2] v.t. प्रांगारीयण करना, अंगाराम्लयुक्त द्रव्य परिणत करना, अंगाराम्लयुक्त करना, अंगाराम्ल-खार बनाना, कार्बोनिक अम्ल या गैससे भरना, कार्बोनेट बनाना।
carbonic a. (रसा०) प्रांगारिक, अंगारसम्बन्धी, कार्बन-सम्बन्धी, कार्बोनिक; ~ acid (gas) (साँसके साथ बाहर निकलनेवाली) अपान वायु, अंगाराम्ल गैस, कार्बोनिक गैस।
carboniferous a. प्रांगारयुत, अंगारयुत; अंगारोत्पादक, कार्बन-उत्पादक।
carbonization n. प्रांगारण, अंगारकरण, कार्बनकरण, कार्बनसाजी।
carbonize v.t. प्रांगारण करना, अंगारमें परिणत करना, कार्बन बनाना, कोयला कर देना; अन्य प्रतिके लिए कागजपर कार्बन लगाना।
carborundum n. प्रांगारविन्दु, लोहा घिसनेवाली कठिन बट्टी, कार्बन और सिलीकनका मिश्रण, करन्दम।
carboy n. वेष्टकूपी, प्रकूपी, ढाँचेसे रक्षित बोतल, करावा।
carbuncle n. प्रार्बुद, छिद्रार्बुद, विस्फोटक, दूषित फोड़ा, जहरबाद, लाल चकत्ता; पद्मराज मणि, पद्मराग मणि, माणिक, लाल, जवाहर, याकूत।
carbuncled a. छिद्रार्बुदग्रस्त; माणिक या लालसे जड़ा हुआ।
carbuncular a. जहरबाद-सा; लाल-सा।
carburet v.t. रासायनिक रूपसे किसी तत्त्वको कार्बनमें मिलाना; कार्बनसे भरना।
carbureter, carburetor n. प्रांगेयक, प्रांगेयिता, मोटर इंजिनोंमें जलानेके लिए पेट्रोल वाष्पको वायुसे

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

मिलानेवाला यन्त्र, कार्बुरेटर ।

carburetion n. प्रांगेयण, रासायनिक रूपसे किसी तत्त्वको कार्बनमें मिलानेकी क्रिया ।

carcajou n. भुक्खड़, पेटू, खाऊ, अमिताहारी ।

carcanet n. मणि-शृंखला ।

carcass, ~ ase n. पशुशव, मृत देह, मिट्टी, लोथ, मुरदार (मानव-शरीरके विषयमें केवल घृणा-व्यंजनके लिए); कबंध, सिरसे रहित जानवरका शरीर, देहमात्र, धड़; (*to save* one's ~ अपनी जान बचाना); निस्सार अवशेष; (सेना०) आग्नेय गोला, मकानोंको जलानेवाले दाहक गोले; पिंजर, ढाँचा (मकान, जहाज आदिका) ।

carcinology n. प्रचैंगटिकी, प्रचिंगट-विज्ञान, केंकड़ेके सम्बन्धका विज्ञान ।

carcinoma n. अध्यर्बुद, एक तरहका कैंसर; नासूर ।

carcinomatous a. अध्यर्बुदीय, कैंसरसे सम्बन्धित, नासूर-सम्बन्धी ।

card[1] १. n. पिंजित्र, धुनकी, ऊन साफ करनेका कंघा; २. v.t. पिंजन करना, धुनन करना, धुनकना, धुनना; तूमना, खोलना; कंघीसे खरोंचना, छीलना; ~-thistle एक छोटी झाड़ी ।

card[2]* n. पत्रक*, दफ्ती, मोटे कागजका टुकड़ा, पत्र, कार्ड*; प्रवेश-पत्र; पत्ता, ताश; दीवार या खिड़कियोंपर लगानेके लिए छपा विज्ञापन; क्रिकेटके खेल या घुड़दौड़का कार्यक्रम या प्रोग्राम; व्यक्तिगत बयान⊙; ~s ताश; ~board पत्रपट्ट, गत्ता, मोटा कागज, दफ्ती; ~-case पत्रपेटिका, पत्र रखनेकी पेटी; ~-sharper ताशके खेलमें धूर्ततासे जीतनेवाला या ठगनेवाला; collecting-~ दानपत्र, दानसूची, दाताओंकी नामावली; correct ~ क्रिकेट खेल या घुड़दौड़का कार्यक्रम; correspondence-~ सादा कार्ड (पत्र-व्यवहारका); court ~ (ताशका) बादशाह, बेगम, गुलाम; house of ~s धुएँका धौरहर, पानीकी लकीर, घरौंदा, कागजकी नाव, असफल विचार; knowing ~ रहस्यवेत्ता, भेदी; post-~ पोस्टकार्ड, कार्ड; queer ~ विचित्र व्यक्ति; the ~ ठीक बात; visiting-~ अभ्यागत पत्र, विजिटिंग कार्ड; wedding ~ विवाह-पत्र, विवाहका निमन्त्रण-पत्र; ~ *up* one's *sleeve* अन्तिम उपाय, सुरक्षित योजना; *leave a* ~ *on* भेंटके लिए कार्ड छोड़ना; *make a* ~ पत्ता चलकर हाथ बना लेना; *on the* ~s सम्भवतः; *speak by the* ~ सारगर्भित भाषण, कथन; *sure, safe, doubtful,* etc. ~ निश्चित, विश्वसनीय, सफल, सन्दिग्ध, अविश्वसनीय विचार, उपाय आदि; *throw up* one's ~s विचार या प्रयत्नका परित्याग कर देना; *show* one's ~s विचार या प्रयत्न प्रकट कर देना;

~board box, ~board modelling, ~board portfolios, ~board rule, ~board scale, ~board stumps, ~board ticket, ~ calendar, ~ cloth, ~ clothing sundries, ~-game, ~-holder, ~ index, ~ index cabinet, ~ index clerk ~ index drawer, ~ index system, ~rack, ~ tack, ~ ticket.

cardamom n. एला, इलायची या उसका पौधा ।

cardiac १. n. उपहृद्; हृदयके लिए गुणकारी ओषधि; २. a. (निदान) हृदयसम्बन्धी; पेटसे ऊपरके भागका ।

cardialgia n. हृद्दाह, उरस्ताप, कलेजेका दाह ।

cardigan n. आस्तीनदार या बिना आस्तीनकी बुनी हुई बड़ी ऊनी वास्कट, बुनी हुई ऊनी जाकेट ।

cardinal १. n. कार्डिनल पादरी; लाल रंगकी छोटी चिड़िया; औरतोंका छोटी टोपीवाला लबादा (पहले लाल रंगका); २. a. गणनावाचक; मौलिक, आधारभूत, मुख्य, प्रधान, महत्त्वपूर्ण; गहरे लाल रंगका; दो पट्टीके कब्जेवाला; ~ church रोमका सबसे बड़ा गिरजा; ~ flower एक लाल रंगका फूल; ~ numbers मुख्य अंक जैसे १,२,३ आदि; ~ points दिग्बिन्दु, चार दिशाएँ-पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण; ~ virtues चार नैसर्गिक और चार धार्मिक गुण; ~ winds चार वात, चौवाई ।

cardinalate n. कार्डिनलका पद ।

cardinalship n. कार्डिनलका पद या स्थान ।

carding n. ~-machine पिंजन-यन्त्र, पिंजित्र, धुनकी ।

cardiogram n. हृत्स्पन्द-लेख, हृदय-चित्र ।

cardiograph n. हृत्स्पन्द-लिख, हृद्वर्णना-यन्त्र, हृदयकी धड़कन जाननेका यन्त्र; हृदय-वर्णना-यन्त्रका प्रयोग ।

cardiography n. हृद्वर्णना, हृदय-चित्रण ।

cardioid a. हृद्रूप, हृदयाकार, हृदयकी आकृतिका ।

cardiology n. हृदय-विज्ञान ।

cardiometer n. हृद्गति-मान, हृदयके कार्य नापनेका यन्त्र ।

care[1]* n. अवेक्षा, अवधान, सतर्कता, सावधानी*, यत्न, चौकसी, होशियारी; ध्यान, चिन्ता*, फिक्र, परवाह; उद्वेग; चिन्ता आदिकी स्थिति या अवसर, परेशानी; तत्त्वावधान, जिम्मेदारी; द्वारा, मार्फत; ~-laden चिन्ताग्रस्त; c/o या ~ of द्वारा, मार्फत, हत्थे (पता लिखनेमें); ~-taker अवेक्षक, अवधाता, निर्वाहक, मालिकके न होनेपर मकान आदिकी निगरानी करनेवाला कारिन्दा; ~-worn चिन्तित, चिन्तामग्न, परेशान; *have the, take* ~ *of* सतर्कता बर्तना, ध्यान रहना, सँभालना, खबर लेना, खबरगीरी करना; *in, under,* one's ~ किसीके निरीक्षणमें, किसीकी निगरानीमें; *take, have a,* ~ सावधान, होशियार या खबरदार होना ।

care[2] v. i. चिन्तित होना, चिन्ता करना, सोचमें होना, परवाह करना; उद्विग्न होना, परेशान होना; यत्नवान् होना; प्यार करना, चाहना; (बच्चों या बीमारी आदिके विषयमें) परिचर्या करना या खाना देना, तीमारदारी करना; आदर करना, ध्यान रखना, ख्याल करना, लिहाज करना; (विधिमूलक या निषेधमूलक अर्थोंमें)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

इच्छुक होना; सहमत, सम्मत या प्रस्तुत होना; सम्पादित करना, व्यवहार करना ⊙; ~ *a pin, damn, a farthing* लेशमात्र चिन्ता न करना, थोड़ी बहुत भी चिन्ता, परवाह या लिहाज न करना।

careen v.t. & i. (मरम्मत या सफाईके लिए जहाजके एक पहलूको दूसरी ओर) झुकाना, एक ओर झुकना, एक ओर कर देना या हो जाना।

careenage n. जहाजकी मरम्मत या सफाई; मरम्मत और सफाई करनेकी जगह; मरम्मत करनेका खर्चा।

career १. n. चरित्र, चलन; जीवन-यापन-प्रणाली, जीवन-यात्रा, आजीविका, पेशा, रोजी; (किसी संस्था, सिद्धान्त या जातिकी) सफलता और उन्नति; गति, चाल, वेग, दौड़-धूप; २. v. i. वेगपूर्वक चलना, अन्धाधुन्ध जाना, बेधड़क जाना; *in full, mid,* etc. ~ पूर्ण वेगपर, पूर्णताके साथ।

careerist n. व्यक्तिगत सफलतावादी, स्वार्थजीवी।

careful a. अवहित, सतर्क, सचेत, सावधान, खबरदार; मनोयोगी; चिन्तित, चिन्तामग्न, चिन्ताशील।

carefulness n. सतर्कता, अवधानपूर्णता, सावधानी, चिन्ता, खबरदारी।

careless a. अनवेक्ष, अचेत, असावधान; अयत्नशील, प्रमादी, लापरवाह; अतथ्य, अटकलपच्चू।

carelessness n. निश्चिन्तिता, प्रमाद, असावधानी, लापरवाही।

caress १. n. चुम्बन, चुमकार, प्यार, दुलार, लाड़-प्यार, पुचकार, चूमा-चाटी; २. v.t. आदर करना, आलिंगन करना, प्यार करना, गले लगाना, छातीसे लगाना, हाथ फेरना, दुलार करना, चुमकारना, पुचकारना।

caressing a. दुलारभरा, दुलार दिखलानेवाला।

caret n. काकपद, छूट जानेका चिह्न, पंक्तिके नीचे लगा हुआ निशान (∧) (जिससे छूटे अंशका संकेत होता है)।

carfax n. चौराहा, चौरस्ता, चौक।

cargo n. (pl. ~*es*) नौपण्यक, नौभाण्ड, पोतभार, नौभार, जहाजमें लदा माल, जहाजका खेप, भरती, लदाव।

Carib n.& a. दक्षिणी वेस्ट इण्डीज द्वीपोंका मूलनिवासी, अमेरिकाके दक्षिणी द्वीपोंका निवासी, करिब।

caribou, -boo n. (जीववि०) वाहकुरंग, हिमप्रदेश-वासी हिरन, उत्तरी अमेरिकाका रेनडियर।

caricaturable a. उपहास योग्य, परिहास योग्य, कार्टून बनाने योग्य।

caricature १. n. व्यंगचित्रण, व्यंग्यचित्र, व्यंग्यवर्णना, व्यंग्य वर्णन, परिहास, कार्टून, नकल; २. v.t. विकृत चित्र बनाना, हँसी उड़ाना, लूल बनाना, कार्टून बनाना।

caricaturist n. व्यंग-चित्रकार।

caries n. (चिकित्सा०) अशना, (हड्डियों या दाँतोंकी) सड़न।

carillon n. एक प्रकारका वाद्य-यन्त्र।

carina n. (प्राणि० या वन०) कूटिका; निधरण।

carinate a. (वन० या प्राणि०) सकूटिक, निधरण युक्त, शहतीरवाला।

carinated a. =CARINATE.

carious a. क्षयग्रस्त, अशित, गलित, सड़ा हुआ।

cark[1] n. चिन्ता; परवाह; उद्विग्नता, परेशानी।

cark[2] v. i. चिन्ता करना; परवाह करना; परेशान होना।

carking a. उद्वेगजनक, उद्वेगकारक; भारी, जीका जंजाल।

carl(e) n. असभ्य व्यक्ति, नीच पुरुष, गँवार मनुष्य।

carline[1] n. वृद्धा, चुड़ैल, जादूगरनी या डायन।

carline[2] n. एक झाड़ी।

carlish a. अशिष्ट, अविनीत, असभ्य, रूखा।

Carlist n. कार्लवादी (स्पेनके राजकुमार कार्लोंका पक्षपाती)।

carlock n. एक प्रकारका सरेस (रूसमें)।

Carlovingian, Carolingian n. & a. फ्रांसीसी बादशाह शार्लमेन द्वारा स्थापित द्वितीय राजकुलसे सम्बन्धित या उसका सदस्य, कार्लोविंजी।

carlowitz n. डैन्यूबतटीय कार्लोविट्स नगरकी लाल शराब।

carmagnole n. फ्रांसीसी गणतान्त्रिक गान या नृत्य; जैकोबिन।

carmelite n. & a. उत्तम ऊन, सामान्यतया खाकी रंगका कारमली ऊन; सफेद लबादा या पोशाक पहननेवाले ईसाई याचक संन्यासी, श्वेताम्बर ईसाई संन्यासी।

carminative n. & a. वायुहरण, वायुहर, वायु-नाशक, बाईको दूर करनेवाली (दवा)।

carmine n. गहरा लाल रंग, करौंदिया रंग, किरमिजी रंग; शोण, गाढ़ लोहितवर्ण, किरमिजी रंगका-सा, गहरे लाल रंगका।

carnage n. संहार, हत्याकाण्ड, (नर) हत्या।

carnal a. वैषयिक, कामज; विषयी, कामी, इन्द्रियासक्त, काम-सम्बन्धी; ऐहिक, सांसारिक; दैहिक, शारीरिक।

carnalise v.t. इन्द्रियपरायण करना, विषय-वासनासे भर देना।

carnalism n. इहवाद, शरीरवाद; इन्द्रियपरायणता, विषयसेवन, विषयवासना, मस्ती।

carnalist n. कामी, विषयभोगी, भोगवादी।

carnality n. ऐहिकता, सांसारिकता; कामुकता, इन्द्रिय-परायणता, विषयासक्ति, विषयसेवन।

carnallite n. दभ्रनीरिज, श्वेत या गुलाबी रंगका पोटाश।

carnassial[1] a. (श०र०शा०) मांस-भक्षी, मांस-प्रिय।

carnassial[2] n. छेदक दन्त।

carnation[1] n. & a. रक्तवर्ण, मांसवर्ण, मांसका रंग, गुलाबी प्याजी रंग, सुर्ख गुलाबी; रक्तवर्ण।

carnation[2] n. लवंगपद्म, पिंककी तरहका एक फूल, लौंगका-सा एक लाल फूल और उसका पौधा।

carnelian n. इन्द्रगोप, एक बहुमूल्य रत्न।

carneous a. (वन०) मांस-रंजित; मांसल।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

carnival n. कैथोलिक ईसाइयोंका उत्सव, पर्व, त्यौहार; रोमन कैथोलिक देशोंमें इस पर्वका अबाध आनन्दोत्सव, धूमधाम, रंगरेलियाँ, कार्निवाल; विषय या कार्य-ग्रस्तता, अन्धाधुन्ध लगन।

carnivora n. क्रव्याद, मांस-भक्षी पशुओंकी जाति।

carnivore n. मांसाहारी पशु या पौधा।

carnivorous a. क्रव्याद, मांसभक्षी, मांसाहारी।

carob n. रोपनका कैरब वृक्ष और उसकी नुकीली फली।

carol १. n. संकीर्तन, भक्तिगीत, भजन; आनन्दगान, हर्षका गान; २. v.t. & i. स्तुतिगान करना; आनन्दगान करना, अलापना, गाना, गाकर उत्सव मनाना।

Caroline a. इंग्लैण्डके राजा चार्ल्स प्रथम और द्वितीय-के समयका; शार्लमेनका।

caroller n. खुशीके गीत गानेवाला, अलापनेवाला।

carolus n. चार्ल्स प्रथमकी एक स्वर्ण-मुद्रा।

carom ⊙ n. (अण्टे या बिलियर्डके खेलमें) संघात, टक्कर, भिड़न्त।

caromed ⊙ a. टक्कर खाया हुआ, भिड़ा हुआ।

carotid १. n. ग्रैवी, सिरकी धमनी; २. a. ग्रैवीय, स्कन्ध-देशीय; बृहद्धमनी-सम्बन्धी या समीपी, सिरमें रक्त पहुँचानेवाली दो बड़ी धमनियोंसे सम्बन्धित।

carousal n. आपानक, सुरापानका उत्सव; अतिपान, मदिरापान।

carouse १. n. परिपान, मद्यपान, मद्यपानमें प्रतिद्वन्द्विता (करना); २. v. i. डटकर शराब पीना, अधिक शराब पीना।

carouser n. परिपायी, मद्यपान करानेवाला।

carp[1] n. झफरी, तालाबमें पायी जानेवाली एक मछली, कार्प।

carp[2] v. i. छिद्रान्वेषण करना, दोषारोपण करना, मीन-मेख निकालना, निन्दा करना, खोट निकालना; ~ing criticism छिद्रान्वेषण; ~ing tongue छिद्रान्वेषी, दोषग्राही, दोषदर्शी।

carpal a. मणिबन्धका, मणिबन्ध-सम्बन्धी; कलाई-सम्बन्धी।

carpel n. (वन०) अण्डप, गर्भपत्र (गर्भकेसर एक हो या अनेक)।

carpellary a. गर्भपत्रीय।

carpenter १. n. तक्षक, वर्धकि, सुतार, बढ़ई; २. v.t. & i. बढ़ईका काम करना, बनाना; ~-ant तक्षक-पिपीलक, पेड़ोंमें छेद करनेवाली चिउँटी; ~-bee अलि, पेड़ोंमें छेद करनेवाला भौंरा; ~-scene चित्रित पर्देके आगेका दृश्य; the ~'s son ईसामसीह;
~ instructor, ~'s bits, ~s' cooperative society, ~'s herb, ~'s work.

carpentry n. तक्षण, बढ़ईगीरी, बढ़ईका काम।

carpet १. n. आस्तरण, दरी, कालीन, गलीचा, बिसात; पुष्पास्तरण, घास आदिका फर्श; २. v.t. गलीचा द्वारा आच्छादन करना, दरी बिछाना; (नौकर आदिको) डाँट-फटकारके लिए कमरेके अन्दर बुलाकर झिड़कना; ~-bag यात्रीका झोला; ~-bagger दूरवर्ती जिलेमें चुनावका उम्मीदवार या राजनीतिक आन्दोलनकारी; ~-bed आदर्श रूपमें सजी हुई छोटे पौधोंकी क्यारी; ~-bedding पुष्पसंवर्द्धनशास्त्र, पौधोंको रेखिकीय प्ररचनाके अनुसार रखनेकी एक व्यवस्था; ~-dance आशुनृत्य (जिसके लिए पहलेसे कोई तैयारी न हो); ~-knight पर्यंक वीर, चहारदीवारीके सूरमा, घर बैठेके सूरमा, कालीनका शेर; स्त्रीमोहन; ~-snake आस्ट्रेलियाका एक प्रकारका चितकबरा साँप; *on the* ~ विचाराधीन।

carpeting n. कालीन बिछाना, दरी लगाना।

carpetless a. बेगलीचा, बेकालीन।

carphology n. उन्मादावस्था, अत्यधिक उन्माद (बीमारीमें)।

carping n. निन्दा, छिद्रान्वेषण।

carpophagous a. फलजीवी, फलोपजीवी, फल खाकर जिन्दा रहनेवाला।

carpus n. (शारीर०) मणिबन्ध, कलाई।

carr n. पंकिल स्थल, दलदली जगह, दलदल।

carrack n. एक व्यवसाय-पोत।

carrageen n. एक प्रकारकी खाद्य समुद्री सेवार।

carraway n. दे० CARAWAY.

carriage n. यान, वहन, गाड़ी, बग्घी; कर, भाड़ा, बारबरदारी, ढुलाई, ले जानेका खर्च; प्रबन्ध, बन्दोबस्त (किसी बड़े कार्य, आक्रमण या कारखानेका); (पार्लियामेण्टमें किसी प्रस्तावका) पारण, मंजूर होना, पास होना; आचरण, व्यवहार, शैली, चेष्टा, ढंग, चाल, अन्दाज (~ *of head, body* etc.); मशीनका फिसलना हिस्सा, दूसरे भागोंको एक स्थानसे दूसरे स्थानपर कर सकनेवाला मशीनका हिस्सा; ~ and pair जोड़ीदार बग्घी; ~-drive यानमार्ग, बाग आदिमें गाड़ीकी सड़क; ~-free प्रदत्तकर, करमुक्त, बिना महसूल; ~-forward जिसका भाड़ा न दिया गया हो; hackney ~ किरायेकी गाड़ी;
~account, ~ charges, ~-cleaner, ~ inward, ~ release lever, ~ shaft, ~ tax register, ~way.

carriageable a. शकटचालन योग्य, गाड़ी ले जाने योग्य (सड़क), गाड़ीमें ले जाने योग्य।

carriageful n. & a. गाड़ीभर।

carriageless a. बिना गाड़ीके; बिना महसूलके।

carrick-bend n. (नौवि०) ग्रन्थि-विशेष, एक खास किसकी गाँठ।

carrier n. (क्रियागत अर्थोंमें) उठानेवाला इत्यादि; बोढा, वाहक; मोटिया; छकड़ेवाला, ले जानेवाला, गाड़ीपर किरायेसे ले जानेवाला; कुली, मजदूर; रोगाणुवाहक व्यक्ति या जानवर; बोझ रखनेके लिए साइकिलका अंग-विशेष, कैरियर; ~-nation व्यापारी जाति (जो दूसरी जातियोंकी ओरसे समुद्री व्यापार करे); ~-pigeon पत्र-वाहक कबूतर; common ~s (कानून) वाहन और भारके साधन।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

carriole n. कनाडाकी बर्फ या स्लेजपर चलनेवाली गाड़ी; ढका हुआ हलका छकड़ा; टमटम, एक आदमीके लिए छोटी खुली गाड़ी।

carrion १. n. लाश, लोथ, मुरदार, मरा हुआ ढोर; पूतिमांस, गलित मांस, सड़ा हुआ मांस; ओझड़ी, कूड़ा, गन्दगी; २. a. घिनावना, सड़ा, गन्दा; ~ crow पलप्रिय काक, मुरदारखोर कौआ;

~-feeder, ~-feeding, ~flower, ~ fly.

carronade n. (इति०) (छोटी पर बड़े मुखवाली) जहाजी तोप।

carrot n. गर्जर, गाजर।

carrots n. (बोल०) ललसिरा (आदमी), लाल बालोंवाला (आदमी); सुर्ख बाल, लाल बाल।

carroty a. ललसिरा, लाल बालोंवाला।

carry[1] n. तोप आदिकी मारका क्षेत्र, विस्तार; (सेना०) असिधारणकी मुद्रा; नदियों आदिपर लगनेवाला कर, भाड़ा, महसूल; (गॉल्फ) पिचके आगे गेंदकी उछाल; ~-over हिसाब आगे (दूसरे पन्ने या खानेमें) ले जानेका कार्य या ढंग।

carry[2] v.t. & i. वहन करना, ले चलना, ले जाना, ढोना (गाड़ी, जहाज आदि द्वारा); पहुँचाना, साथ ले जाना (समाचार आदिको); बोझ उतारना, बोझ सँभालना, उठाना, सहारना, थामना; अपने विचार दूसरेके दिलोंपर बैठा देना; पहनना, पास रखना (घड़ी आदिको); स्वीकार करा लेना, मनवाना; परास्त करना, जीतना (~ *fortress*); पर्याप्त होना, काफी होना (यात्रामें रुपये आदिका); गोली आदिका टिप्पा या मार होना; (गणितमें) संख्याविशेषको गुणोत्तर बनाना, हासिल गिनना; ~ *all before* one मात करना, बाजी ले जाना; ~ *away* ले जाना; बहा ले जाना; आत्मनियन्त्रणसे वंचित करना, विवश करना; (नौवि०) टूट-फूटसे नष्ट होना; ~ *conviction* विश्वास जमाना, अपना विचार दूसरोंके मनमें बैठाना; ~ *corn* खेतसे खलियानतक नाज ले जाना; ~ *hearers with* one (भाषण-कला द्वारा) श्रोताओंको अपने मतानुकूल करना, हमख्याल बनाना; ~ *into effect* कार्यान्वित करना, आरम्भ करना, पूरा करना, बजा लाना; ~ *it off well* प्रभावित न होना (सन्देह, दोष आदिसे); ~ *it, the day* सफल होना, जीतना (पुरस्कार); ~ *modesty to excess* लज्जाकी अति करना; ~ *off* भगा ले जाना, ले भागना; मार डालना; जीतना; निर्वाह योग्य बनाना; ~ *on* जारी रखना, चलाते रहना, चले चलना (कार्य आदिका); (बोल०) विचित्र आचरण, व्यवहार करना; ~ one *back* भूतकालका स्मरण करना, बीते दिनोंकी याद करना; ~ one's *point, a motion, bill* अपना प्रस्ताव, सुझाव या कानूनका मसौदा पारित (पास) करा लेना; ~ *on with* (बोल०) डोरे डालना, प्रेम करना; ~ *out* कार्यान्वित करना, कार्य सम्पन्न करना, कार्य सम्पादित करना, पालन करना, तामील करना, निभाना; ~ *over, forward* आगे ले जाना, दूसरे दिनपर उठा रखना; ~ *sword* तलवारको सलामीकी स्थितिमें रखना; ~ *through* सफल होना, कार्य सम्पादन करना, पूर्ण करना; कठिनाइयोंसे बच निकलना, निकाल ले जाना; ~ *weight* प्रभावपूर्ण होना; घुड़दौड़में पीछे रह जाना; ~ *with one* स्मरण करना, याद रखना; *fetch and* ~ हाथके नीचे होना, सेवामें उपस्थित होना।

carse n. कछार, सरिदुपान्त-भूमि, नदीके आस-पासकी उपजाऊ जमीन।

cart* १. n. शकट, छकड़ा*, सग्गड़, बोझागाड़ी, बैलगाड़ी (भारी वजनके सामानके लिए); २. v.t. & i. छकड़ेपर काम करना, छकड़े या सग्गड़ या गाड़ीपर लादकर ले जाना; ~-horse टट्टू, लद्दू घोड़ा; ~-ladder छकड़ेका कठघरा; ~wright छकड़े बनानेवाला; ~-load शकट-भार; ढेरका ढेर; ~-road शकट-मार्ग; ऊँची-नीची सड़क; dog-~ कुत्ता-टमटम; *put* ~ *before horse* घोड़ेके आगे गाड़ी रखना, उलटी गंगा बहाना, कार्यको कारण मानना या बताना, विपरीत समझना या कहना, क्रम उलट-पलट देना; *turn* ~-*wheel* कलाबाजी खाना (भिखारी बच्चोंका सड़कपर);

~ axle, ~ bullock, ~ chit, ~man, ~ note, ~stand, ~ track, ~ tract, ~ tyre, ~-way, ~ wheels, ~-whip, ~ yoke.

cartage n. छकड़ेका किराया, भाड़ा।

carte, quarte n. हूल, हूलका पैंतरा; खर्चेका बिल; ~ and tierce असिचालन, तलवारका खेल।

carte blanche n. निर्लेख-पत्र, कोरा कागज; पूर्णाधिकार-पत्र।

carte-de-visite n. छोटे पत्र-खण्डपर चिपकाया हुआ फोटो-चित्र, $3\frac{1}{2}$ इंच लम्बा $2\frac{1}{2}$ इंच चौड़ा फोटोग्राफ।

cartel n. बन्दिविनिमय-पत्र, बन्दि-विनिमय (का समझौता), बन्दी बदलनामा; बन्दि-पोत; द्वन्द्वयुद्धके लिए लिखित आह्वान या चुनौती; (*cartell* भी) उत्पादन, बाजार व्यवस्था और मूल्यादिका नियन्त्रण करनेवाली शिल्पी समिति, मूल्य-निर्धारक-सभा।

cartelize v.t. & i. (व्यापारिक संघ बनानेके लिए) एकत्र होना, इकट्ठे होना, एक हो जाना।

carter n. छकड़ेवान, गाड़ीवान, बहलावान।

cartful n. छकड़ाभर, पूरी खेप।

carthamine n. कुसुम्भ, कुंकुमी, एक प्रकारका केसर।

Carthusian a. & n. सन्त ब्रूनोके समुदायका (सदस्य); चार्टर हाउस स्कूलका (सदस्य), कार्थुस साधु।

cartilage n. उपास्थि, कास्थि, कोमलास्थि, दृढ़ लचीली स्नायु, कोमल या नरम हड्डी, कुरकुरी हड्डी, परपरी हड्डी; temporary ~ बच्चोंकी दूधिया हड्डी।

cartilaginoid a. उपास्थिवत्, मरमरी हड्डी-सा।

cartilaginous a. कास्थिमय, कोमलास्थिमय, उपास्थि या कोमल और लचीली हड्डीवाला।

cartographer n मानचित्रकार, नकशानिगार, नकशा खींचनेवाला।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri Funding:KS

cartographic, (-al) aa. मानचित्रकारी-सम्बन्धी, नक्शानिगारीका।

cartography n. मानचित्रण, मानचित्रांकन विद्या, मानचित्रकारी, मानचित्र अंकित करनेकी विद्या, नक्शा-निगारी।

cartomancy n. पत्र-ज्यौतिष, ताश द्वारा भविष्य कथन।

carton n. पट्टाधान, दफ्ती या गत्तेका डब्बा, बक्सा; चाँदमारीकी तख्तीपर सफेद चक्र, निशान; ~ pierre कागजको कूटकर बनाया हुआ सामान।

cartoon १. n. व्यंगात्मक चित्र, व्यंग चित्र, कार्टून; मोटे पुष्ट कागजपर चित्रण, कसीदे और बेलबूटे आदिके लिए ड्रॉइंग (उद्रेखण); पूरे पन्नेका (या विशाल) चित्रण; २. v.t. & i. व्यंगचित्र बनाना, किसी व्यक्ति आदिको व्यंगचित्र या कार्टून आदिमें उतारना, उरेहना, कार्टून बनाना; animated ~ जीवित जनोंके क्रमागत उद्रेखित चित्र, सिने-फिल्मोंकी अनुकृतिमें जीवित जनोंका उद्रेखण-पद्धतिसे निर्मित फिल्म।

cartoonist n. व्यंगचित्रकार, कार्टून बनानेवाला।

cartouche n. (प्रा०) पत्रा (जिसपर चित्रलिपिमें मिस्रके बादशाहों आदिके नाम और उपाधियाँ अंकित हों); (स्था०) स्तम्भशीर्षकी बेलि, स्थापत्यकार्यमें अलंकारविशेष; बेलिपट्टी, पट्टी (जिसपर स्तम्भीय बेलि बनी हो या जो इस ढंगकी बनी हो कि उसपर अलंकरण या उत्कीर्णलेखन हो); कारतूस, छर्रा।

cartridge n. टोटा, कारतूस; गोलीकोश; वेष्ट, गत्ता; ~ paper वेष्ट-पत्र, चित्रण-पत्र, मोटा खुरदरा कागज।

cartulary n. मिसिलोंका संकलन; रजिस्टर।

carucage n. हल-कर, कर लगाना, भूमिपर करा-रोपण।

carucate n. एकहल-भूमि।

caruncle n. अधिमांस, मांसका लटका हुआ हिस्सा (वन०) अग्रचोल; शृंगिका।

caruncular a. शृंगिकासम्बन्धी, बीज-चोलसम्बन्धी।

carvacrol n. एक प्रकारके पोदीनेका तेल।

carve v.t. & i. रूपरेखा खोदकर मूर्त्ति बनाना, आकार बनाना, खुदाई करना, काटकर बनाना (मूर्त्ति आदि), डिजाइन काटना; काटना, कोरना, खोदना; आभूषित करना या टाँकना; विभाजन करना, छोटे-छोटे टुकड़े करना; खाते वक्त मांस काटना; ~ *in* खोदकर बनाना; ~ *on* खुदाई करके मूर्त्ति या रूप बनाना; ~ one's *way* अपने बलसे बढ़ना, अपने लिए रास्ता पैदा करना या बनाना, ~ *out* वृहत् सम्पूर्णमेंसे ग्रहण करना; बल-पूर्वक प्राप्त करना; ~ *out of* बिठाकर या काटकर अंकित करना, कोरना, खोदना, तराशना।

carvel-built a. समतल तख्तावन्दीवाला।

carver n. (क्रियागत अर्थोंमें); तक्षक, संगतराश, मूर्त्ति-कार; कोरने या तराशनेवाला, बोटी काटनेवाला (चाकू)।

carvers n. भोजन-क्षुरिका, भोजनके समय प्रयोग होनेवाली छुरी और काँटा।

carving n. तक्षण, तक्षकला, संगतराशी, सम्मूर्त्तन, नक्काशी; तराश, काट।

caryatid n. (pl. ~*es*) परीखम्भा, खम्भेके रूपमें व्यवहृत नारी-मूर्त्ति।

caryophyllic a. लवंगिक, लौंगका।

cascade १. n. प्रपातिका, वारिप्रवाह, झरना, झालर, पानीकी चादर; प्रपातश्रेणी; २. v. i. जलप्रपातके आकारमें गिरना, लहरदार गिरना।

cascara sagrada n. पुण्यवल्क, रेचक ओषधि (जो पेड़की छालसे प्राप्त होती है), कसकरा।

cascarilla n. कटुवल्क, एक कड़वी छाल।

case[1] n. स्थिति, अवस्था, दशा (*in good, evil,* ~); रुग्णावस्था, रोगीकी दशा; वस्तुस्थिति, कैफियत (*is, is not, the* ~); काण्ड, घटना; (कानून) अभियोग, दावा, मामला, मुकदमा, छोटी अदालतका अभियोगका विवरण (जो बड़ी अदालतके विचारार्थ तैयार किया गया हो), नालिश (*judge states a* ~); निर्णीत अभियोग (जो प्रमाण कोटिमें आ जाय, न्यायालयीय उदाहरण, हवाला (*leading* ~); किसी एक पक्षके तर्क (*that is our* ~); विभक्ति कारक; ~ law प्रमाण-विधि; ~ *of conscience* विवेकका विषय; *in any* ~ हर तरह, हर हालतमें, बहरहाल; *in* ~ *if* ऐसा हुआ तो, यदि, अगर; *in* ~ *of* अवस्थामें, ऐसा होनेपर; *in the* ~ *of* विषयमें, बारेमें, मुकदमेमें; *is not the* ~ ठीक नहीं है, सही नहीं है, गलत है; *is the* ~ सत्य है, सच है; *make out* one's ~ अभियोग खड़ा करना, दावा प्रमाणित या सिद्ध करना;

~-book, ~-carburizing, ~ cover, ~ decided, ~-diary, ~ fee, ~-file, ~-file cover, ~ file register, ~ history, ~ packing, ~ receipt register, ~ referred, ~ register, ~ report, ~ room, ~-sheet, ~ stated, ~ system, ~-taking, ~-taking scheme, ~-work.

case[2] १. n. किसी चीजका आवरण, खोल, पेटी, गिलाफ (बक्स, बैग, म्यान आदिका); (नुमाइश, उपहार, नमूना और अनोखी वस्तुओं आदिके प्रदर्शनके लिए) शीशेका सन्दूक; बाहरी रक्षक आवरण; भीतरकी वस्तुओं सहित बक्स (*dressing* ~); (मुद्रण) लकड़ीका खानादार खुला हुआ बक्स (जिसमें प्रत्येक अक्षरके टाइप अलग-अलग रखे रहते हैं), केस; २. v.t. खोल या गिलाफ चढ़ाना; म्यानमें रखना, बन्द करना, सन्दूकमें रखना; ~-bottle चौकोर बोतल; ~-harden सतहको कड़ा करना, रासायनिक ढंगसे लोहेपर फौलाद चढ़ाना; संगदिल कर देना, बेदर्द बना देना; ~-knife म्यानमें रखा छुरा।

caseate n. किलाटीय, पनीरका नमक।

caseic a. किलाटिक, पनीरका।

casein n. किलाटि, दूधका सत्त्व या सारभाग या प्रोटीन, छेना, पनीर।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

casemate n. गोलोंद्वारा अभेद्य स्थान, युद्धपोतमें तोपोंका संरक्षित परिवेश; किलेका कमाँचा (जिसमें सन्द होते है), किलेकी दीवारमें मेहराबदार आस्थान, मोर्चा (जिसमें गोलियोंकी बाढ़ मारनेके लिए छिद्र बने होते है)।

casemated a. परिवेष्टित; कमाँचेदार।

casement n. गवाक्ष, खिड़की; वातायन, झरोखा, दरीची, शीशेदार खिड़की; ~ cloth पर्दा, पोशाक आदिके लिए मोटा सूती कपड़ा।

casemented a. वातायनवान्, खिड़कीदार (खास किस्मकी)।

caseous a. पनीर-सदृश, पनीरी, पनीर-सा।

casern(e) गढ़छावनी, बैरक, किलेके मकानों और प्राचीरके बीच सैनिकोंके रहनेके लिए छोटे-छोटे मकान।

cash १. n. (बैंक आदिमें) कोष या बैंकके नोट, रोकड़; नकदी, नकद रुपया; २. v.t. तुड़वाना, भुनाना; ~ account रोकलेखा, नगदी हिसाब, नक़दका हिसाब; ~ payment नकद चुकौती, नकद अदाई; ~ *on delivery* नकद देकर माल छुड़ाना;

~ abstract, ~ abstract book, ~ abstract register, ~ account book, ~ advance, ~ allowances, ~ balance, ~ balance investment account, ~ balance position, ~ balance report, ~ bonus, ~-book, ~-book account, ~-book balance, ~-book number, ~-book voucher, ~-box, ~ branch, ~ certificates, ~ challan, ~ chest, ~ credit, ~ crops, ~ department staff, ~ deposit, ~ discount, ~-dole, ~ entry, ~ equivalent, ~ grant, ~ guard, ~ memo, ~ memorandum, ~ order, ~ outlay, ~ payment register, ~ position, ~ price, ~ profit, ~ purchase, ~ receipt, ~ refund, ~-refund annuity, ~-refund warrant, ~ register, ~ remittance, ~ rent, ~ requirements, ~ reserve, ~-reward, ~ safe, ~ sales ~ scroll, ~ security, ~ security bond, ~ security deposit, ~ sheet, ~ surrender value, ~ transactions, ~ transfer clearing ~ valuation, ~ value, ~ witness.

cash[2] n. (pl. ~) पूर्वी द्वीपसमूह और चीनके सूराखदार छोटे-छोटे सिक्के।

cashew n. काजूका पेड़; ~ nut काजू।

cashier[1] n. कोषाध्यक्ष, बैंक या किसी सौदागरका रोकड़िया, रोकपाल, खजाँची।

cashier[2] v.t. पदच्युत करना, जवाब देना, बर्खास्त करना; परित्याग करना।

cashless a. बिना नकदीके।

cashmere n. (~ *shawl*) काश्मीरी शाल; शालका ऊन, इसकी नकल।

casing n. खोल या सन्दूक।

casino n. (pl. ~*os*) सार्वजनिक संगीत या नृत्यकक्ष, नाचघर; पुराना ताशका खेल।

cask n. कबन्धक, लकड़ीका पीपा; पीपा और उसके भीतरकी वस्तु; धारकता, गुंजाइश, माप।

casket n. रत्नपेटी; पत्र रखनेका पात्र, डब्बा, सन्दूकचा; शव-पात्र, मृत शरीर रखनेका सन्दूक ⊙।

casque n. (इति०, का०) शिरस्त्राण, लौहटोप, फौजी टोपी।

Cassandra n. अमंगलवक्ता, अशुभभाषी; अमान्य भविष्यद्वक्ता।

cassare a. शून्य, समाप्त।

cassareep n. मण्डशिफ-रस, एक प्रकारका कड़ुवा मसाला।

cassation n. विलोपन, अपाकरण, निरसन, रद्द, मंसूखी; Court of C~ अपीलकी अदालत।

cassava n. मण्डशिफ, कासाभावृक्ष, पश्चिमीद्वीप समूह आदिमें गाँठदार जड़का पौधा; इसका श्वेत चूर्ण या आटा; इनसे बनी रोटी।

casserole n. परात; मिट्टीकी हाँड़ी; (रसा०) पिठर; *en* ~ परात या हाँड़ीमें परोसा हुआ।

cassia n. (~ *sha* भी) कासमर्द, सोनामुखी, सुगन्धिवृक्ष, तेजपात, दालचीनी।

cassimere n. = CASHMERE; पशमीनेका बढ़िया दुशाला।

cassino n. पत्रक-क्रीडा, एक खास किस्मका ताशका खेल।

Cassiopeia n. आसन्दी, उत्तरी नक्षत्र-मण्डल।

cassiopeium n. निर्वर्णला, आणविक नम्बर ७१ का तत्त्व।

cassiterite n. त्रपुजारेयिज, भूरे रंगका टिनका आक्साइड।

cassock n. पुरोहितका परिधेय वस्त्र, पादरियोंका नीचा झूलदार कुरता।

cassocked a. झूलदार कुरता पहने।

cassolette n. सुगन्धि-पात्र, शृंगार-मंजूषा, सिगारदान, इत्रदान।

cassowary n. शिरोवर्म, शुतुरमुर्गकी-सा एक बड़ा पक्षी, कसोवरी।

cast[1] n. निक्षेप, फेंकना; (आश्रितार्थ) अवसर, बारी, पासोंका दाँव, फेंकाव; लंगर, जाल आदिका डलाव; टिप्पा, पल्ला, मार, दूरी (प्रा०); मोड़, झुकाव; आकार, रूप, साँचा, शक्ल; छकड़ों आदिमें आकस्मिक सवारी; प्रकार, विशेषता, ढंग, ढब; रंगका स्पर्श, झलक; बाज, उल्लू आदिका वमन; गणना, जोड़, हिसाब; अभिनेता-वर्ग; अभिनेताओंके कार्यका विभाजन; ~ in eye किंचित् भेंगापन; ~ of features मुखाकृति; ~ of mind स्वभाव; ~ iron कामती लोहा, ढला हुआ लोहा।

cast[2] v.t. & i. क्षेपण करना, फेंकना, डालना (~ *dice*; ~ *a role*); गणना करना, हिसाब लगाना;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

क्रम देना, व्यवस्थित करना; छुड़ाना, छोड़ना; खो देना, गिराना; डालना (पिघली हुई धातुका किसी आकारमें); हार देना, मुकदमा जीतना, मुकदमेमें हरा देना; ~ *about* यत्न करना, हाथ-पाँव मारना; *actors* ~ *for parts* प्रत्येक अभिनेताको उसका अभिनेय अंश देना, सिपुर्द करना; ~ *a horoscope or nativity* जन्मपत्री या कुण्डली बनाना; ~ *a shadow on* अन्धकारमय कर देना, मुसीबत लाना; ~ *aside* व्यवहार छोड़ देना, त्याग कर देना; ~ *vote* वोट डालना, देना; ~ *away* निरर्थक, रद्द या खारिज कर देना, (जहाज)का टूट-फूट जाना; ~ *back* उलट देना, फेर देना; ~ *blame upon* दोषारोपण करना, दोष देना; ~ *down* निरुत्साह होना, उदास होना; ~ *in* one's *lot with* किसीकी भलाई-बुराई हानि-लाभमें सम्मिलित होना; ~ *in* one's *teeth* धिक्कारना, फटकारना; ~ *loose* अपने आपको अलग करना; ~ *off* त्याग देना, दूर करना, छोड़ देना, निकाल देना; (कढ़ाई बुनाईमें) सघन छिद्र और गोटा बनाना; (नौवि०) फन्दे खोलना और डालना; (मुद्रण०) पाण्डुलिपिके आधारपर प्रकाशित रूपमें पृष्ठोंका अनुमान करना; ~ one's *cares upon* अपनी चिन्ताएँ दूसरोंके सिर मढ़ना, अपनी बला दूसरोंके सिर डालना; ~ *soldier, policeman, horse* अलग करना, निकाल देना, बर्खास्त करना; ~ *up* हिसाब लगाना।

Castalian a. कवित्वमय।

Castaly n. काव्यका उत्स, काव्य देवताका फव्वारा।

castanet n. काष्ठ या गजदन्त निर्मित करताल।

castaway n. & a. पापासक्त व्यक्ति; भग्नपोत व्यक्ति; समाजच्युत (व्यक्ति), परित्यक्त व्यक्ति; अकर्मण्य।

caste n. वर्ण, जाति, जात-पाँत (भारतमें); जाति-व्यवस्था; (दूसरे देशोंमें) वर्ग, समूह, फिरका; *lose, renounce* ~ जातिच्युत होना, जाति खोना, जाति बाहर होना; ~ autonomy, ~ feast, ~ health camp, ~ obligation, ~ practice, ~ rules, ~ thread.

casteless a. जातिरहित, बिना जातिका।

castellan n. दुर्गाधिपति, दुर्गेश, दुर्गपति, गढ़पति, किलेदार, किलेका हाकिम।

castellated a. दुर्गवत्, गढ़-सा; दुर्गवाला (जिला आदि); मोर्चाबन्द, बुर्जोंसे घिरा हुआ।

caster n. संवसा, संवपक; एक छोटा बर्तन (खास किस्मका), कूँड़ी।

castigate v.t. कशाघात करना, कोड़े मारना, दण्ड देना; तिरस्कार करना, दुर्वचन कहना, फटकारना, परिष्कार करना, संशोधन (पुस्तक आदिका) करना, सुधारना।

castigation n. कशाघात, दण्ड, फटकार, सजा (दैहिक या वाचिक); सुधार, परिष्कार।

castigator n. दण्डप्रदाता, सजा देनेवाला; सुधारक।

castigatory a. दण्डमूलक; शोधनकारक।

castile soap n. कठोर साबुन (जो प्रायः ओलिवके तेल और सोडासे बनता है)।

casting n. साँचा; ढली हुई चीज; ढालन; ~ net क्षेप-जाल, फेंकनेवाला जाल।

casting-vote n. निर्णायक मत, प्रधानमत, सभापतिका मीमांसाकारक मत, दो बराबर मतवाले दलोंपर सभापति द्वारा प्रदत्त निर्णायक मत।

cast iron, cast-iron १. n. संचायस्, ढलवाँ लोहा, कामती लोहा, ढला हुआ लोहा; २. a. ढले हुए लोहेका; अनथक, कठोर, कड़ा; अनमिल, खाम।

castle n. गढ़, किला, महल; दुर्ग, कोट, कोटला, गढ़ी; शतरंजका रुख; ~-builder मनोराज्यविहारी, कल्पना-विलासी, हवामहलवाला, मनके लड्डू खानेवाला; ~-nut ⊙ (पिन लगानेकी) दाँतेदार डिबरी; the ~ (आयरलैण्डकी) शासन-व्यवस्था; ~*s in the air,* ~ *in Spain* आकाश-कुसुम (तोड़ना), मनोराज्य (में विचरना) कल्पना-विलास (करना), मनके लड्डू (खाना), खयाली पुलाव (पकाना); *Englishman's house his* ~ अंगरेजका मकान कोट समान, बड़ेके घरमें कोई घुसने नहीं पाता।

castle[2] v.t. (शतरंज) रुखसे बादशाहको शह देना या किश्त देना, रुखबन्दी करना; ~ *the king* रुखकी किश्त देना।

castled a. मोर्चेबन्द, कोटवाला।

castor[1] n. कस्तूरी, मदविलावसे प्राप्त एक औषध-पदार्थ और सुगन्ध द्रव्य; (ग्रा०) टोप, टोपी।

castor[2], **-er** n. छिद्रमयी मसालादानी; आचारदान, सिरकादान; कुर्सी, मेज आदिके पायोंके नीचे लगा रहनेवाला छोटा कीलदार पाया; ~ sugar बूरा, महीन दानेदार चीनी।

castor[3] n. मुण्ड, ग्रन्थि, मूतरा (घोड़ेका)।

castor oil n. एरण्ड या रेंडीका तेल; cold-drawn ~ बिना गरम किये बीजोंसे निकाला हुआ तेल।

castral a. शिविर-सम्बन्धी, खेमेका, खेमासम्बन्धी।

castrametation n. शिविर-मापक विद्या, शिविरीकरण-कला या शिविरीकरण।

castrate v.t. अण्डापकर्षण करना, अण्डकोष निकाल देना, नपुंसक करना, नरिया करना, खसी करना, बद्धी या बधिया करना; (पुस्तक) संशोधन करना, दूषित भाग हटा देना।

castrated a. नपुंसक, बधिया किया हुआ, बद्धी, खसी, आख्ता।

castration n. अण्डापकर्षण, नपुंसकीकरण, बधिया करना; (पुस्तक) संशोधन।

castrato n. आकृष्टाण्ड व्यक्ति, पुंस्त्वहीन व्यक्ति (कभी स्वरमाधुर्य-वृद्धिके लिए)।

casual n. & a. आकस्मिक, सामयिक, दैवी, एकबारा; अनियमित, अनियत; अचिन्तित, असावधान, लापरवाह, बेढंगा; ~ labourer आकस्मिक श्रमिक, अवसर पाकर काम करनेवाला मजदूर; ~ poor काल-दरिद्र, जिसे कभी-कभी सहायताकी जरूरत हो; ~ ward निर्धन-साहाय्य-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

भवन; साहाय्य-भवनमें निर्धन-निवास; ~ water (गॉल्फ) पानीका अस्थायी संग्रह या जमाव।

casualism n. आनुषंगिकतावाद, आकस्मिक होनेका सिद्धान्त।

casually adv. दैवात्, अकस्मात्, कभी-कभी।

casualness n. दैवयोग, संयोग।

casualties n. आहत, मरे हुए या घायल मनुष्योंकी संख्या।

casualty n. दुर्दैव, अपघात, दुर्योग, आकस्मिक दुर्घटना, संकट; संघर्ष, यात्रा, युद्ध आदिमें विकलांग, आहत, मृत-जनोंकी सूची; घायल जन; ~ ward हताहत-कक्ष, अचानक घायल हुए लोगोंका कमरा;

~ department, ~ insurance, C~ Medical Officer, ~ officer, ~ register, ~ report, ~ return.

casuarina n. वञ्जुका, आस्ट्रेलिया और पूर्वीद्वीपसमूहका एक पेड़, कैसुरीना।

casuist n. धर्माधर्मविचारक; प्रलापी, वाक्छली।

casuistic, (-al) aa. धर्माधर्म-विचार-सम्बन्धी, धर्माधर्म-विचारसे; भ्रान्तिपूर्ण, वाक्छल सम्बन्धी।

casuistry n. धर्माधर्मविचारणा, धर्मविद्या; भ्रान्ति-विवेचना, वाक्छल।

cat[1]* n. मार्जार, विडाल, बिल्ली*, बिलाई; (जीव०) विडाल-जातीय कोई जीव (जैसे शेर, बाघ, चीता, तेंदुआ); ईर्ष्यालु, द्वेषवाली औरत; (इति०) घरोंमें काम आनेवाला सायबान, ओसारा; लंगर शहतीर, लंगर उठाने और लंगर ले चलनेके लिए जहाजके दोनों तरफ निकला हुआ शहतीर; गुल्ली डण्डेके खेलका डण्डा; गाँठ कोड़ा, नौ रस्सियोंका गाँठदार कोड़ा; छःपाया तिपाई, तीन पायोंपर खड़ी रहनेवाली छःपाया तिपाई; ~-and-dog life बिल्ली और कुत्तेकी तरह रहना, कलहपूर्ण जीवन, अनबन; ~-and-mouse Act (व्यं०) वह कानून जिसके अनुसार भूखहड़तालियोंको अस्थायी रूपसे छोड़ दिया जाता था; ~burglar गृहारोही चौर, मकानपर चढ़कर चोरी करनेवाला; ~-call सीटी (थियेटर आदिमें असन्तोष आदिकी व्यंजनाके लिए); ~-eyed विडालाक्ष (जो अँधेरेमें देख सके); ~-ice दूधिया, दूधका-सा; बुलबुला-दार; तरल; हिमका विषम तल (पानी पीछे हट जानेके कारण); ~-lap दलिया, शोरबा, चाय आदि; ~-nap, ~-sleep झपकी लेना, ऊँघना, कुर्सी आदिपर सो जाना, थोड़ी देर सोना; ~-cradle चिड़ियाका पंजा, बच्चोंका एक खेल; ~'s-paw दूसरोंके द्वारा साधन बनाया जाने-वाला पुरुष; पानीमें लहरियाँ उठानेवाली मन्द हवा; ~'s-tail नागरमोथाकी जातिके पौधे आदि; ~-walk विशाल इंजिनों आदिमें संकीर्ण पथ, पुलके साथका तंग रास्ता; ~-whisker बेतारके रिसीवरमें उपयोज्य प्रशस्त तार; *bell the* ~ बिल्लीके गलेमें घंटी बाँधना, म्याऊँ धरना; ~ *may look at king* भिखारी बादशाहको भी ललकार सकता है; *fight like Kilkenny ~s* लड़ते-लड़ते मिट जाना, जान दे देना; *not room to swing a* ~ सीमित स्थान, तिल धरनेकी जगह न हो; *rain ~s and dogs* मूसलाधार, झमाझम मेंह बरसना; *turn* ~ *in pan* दुरंगा, दो-भेसिया होना, रुख बदलना; *when the* ~ *is away, mice will play* चिराग गुल पगड़ी गायब; *wait for the* ~ *to jump, see which way the* ~ *jumps, cult of the jumping* ~ देखो ऊँट किस करवट बैठता है।

cat[2] v.t. & i. (नौवि०) पानीके तलसे शहतीर तक लंगरको ऊँचा करना, उठाना; वमन करना, उल्टी करना (बोल०)।

catabolism n. = KATABOLISM.

catacaustic n. बिम्ब-वक्ररेखा।

catachresis n. अर्थविपर्यय, शब्दोंका दुष्प्रयोग, अपप्रयोग।

catachrestic, (-al) aa. दुष्प्रयुक्त, शब्दोंके अनुचित प्रयोगसे सम्बन्धित।

catachrestically adv. (शब्दोंके) विप्रयोगपूर्वक, अपप्रयोगपूर्वक।

cataclysm n. (भूगर्भ०) प्लावन, जलप्रलय, महाप्रलय; विप्लव, क्रान्ति।

cataclysmal a. विप्लव-सम्बन्धी, जलप्रलय-सम्बन्धी, इनकलाबी।

cataclysmist n. विप्लववादी, प्रलयवादी, इनकलाब-पसन्द।

catacomb n. मद्यगृह, शराबका तहखाना; भूगर्भस्थ समाधिस्थान, हड़वाड़, दख्मा, मुर्दोंको रखनेका तहखाना; रूमी भूगर्भस्थ बरामदे (जिनकी दीवारोंमें कब्रके लिए गुप्त आले बने रहते थे); इस प्रकारका स्थान (अन्यत्र कहीं भी)।

catacornered ⊙ a. कर्णात्मक, कर्णवत्, कर्णरूप।

catacoustics n. प्रतिध्वनि-विज्ञान।

catadioptric a. प्रकाश-बिम्ब प्रेक्षक, (प्रकाशके) परावर्तन और प्रवर्तनसे सम्बन्धित।

catadromous a. अधोवाही, नदीसे निकलकर समुद्रमें जानेवाली।

catafalque n. खुली शवगाड़ी; दफनके समय शवाधार दिखानेके लिए मंच, विशिष्ट व्यक्तिके मरणोत्तर कर्मके बीच ताबूत या मूर्त्तिके निमित्त सज्जित मंच।

Catalan n. & a. कैटालोनिया (स्पेन)का (निवासी, भाषा)।

catalectic a. एकाक्षरन्यून (पद्यके अन्तिम चरणमें)।

catalepsy n. शरीरमें कड़ाई आनेके साथ-साथ इन्द्रिय-ज्ञान-शून्यता, स्तब्धि, अपस्मार, व्यामोह, मूर्च्छा रोग, मिरगी, बेहोशी; पक्षाघात।

cataleptic १. n. मूर्च्छारोगग्रस्त व्यक्ति, अपस्मार या मूर्च्छाका रोगी; मूर्च्छित व्यक्ति; २. a. अपस्मार या मूर्च्छा रोगविषयक; (दर्शन) व्यामोह-सम्बन्धी।

cataletic a. (छन्द०) अक्षर-रहित, जिसमें एक अक्षर कम हो।

catalexis n. (छन्द०) अर्द्धपद-लोप।

catallactics n. विनिमय-विज्ञान।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

catalog ⊙ n. तालिका, सूची, सूची-पत्र; तिथि-पत्र, पंचांग, कलेण्डर; (स्कूलकी) विवरण-पत्रिका, प्रास्पेक्टस ।

catalogue १. n. सारणी, तालिका, अनुसूची, नामावली, सूचीपत्र, सूची; २. v.t. तालिका या सूची बनाना, सूचीपत्रमें लिखना, गणना करना; *~e raisonne* विषयक्रमसे व्यवस्थित और विशद तालिका, विषयसूची ।

cataloguer n. तालिका या सूचीनिर्माता ।

catalpa n. विषाणवल्ली, मालती, पश्चिमी द्वीपसमूहका एक वृक्ष, कटालपा ।

catalyse v.t. आवेजन करना, घुलाकर तोड़ना ।

catalysis n. (रसा०) आवेजन, (अपना रूपान्तर किये बिना अन्यान्य रासायनिक द्रव्योंमें परिवर्तनीकरण) उत्प्रेरण ।

catalyst n. उत्प्रेरक, आवेजक ।

catalytic a. उत्प्रेरणिक, प्रेरक, आवेजनिक ।

catamaran n. दोनावा, दो नावोंको अगल-बगल बाँध रखनेवाला पुश्ता; लकड़ नाव, लट्ठोंका बेड़ा, उडुपविशेष; कलहप्रिय नारी, लड़ाकी औरत ।

catamenia n. ऋतु-दर्शन, रजो-दर्शन, मासिक धर्म ।

catamenial a. रजोदर्शन-सम्बन्धी ।

catamite n. कूनी, चुल्ली, लौंडा, गाण्डू, इल्लती ।

cataphonics n. प्रतिध्वनि-विज्ञान ।

cataphoresis n. निगति, निकास; अधोगति ।

cataphract n. वर्म, कवच ।

cataphracted a. वर्म-शस्त्र-सज्जित ।

cataphyll n. अधःपत्र ।

cataphyllary a. अधःपर्ण ।

cataplasm n. (चिकित्सा०) उपनाह, पुलटिस ।

cataplexy n. भय-निद्रा (पशुओंमें); मरणानुभूति ।

catapult १. n. अपक्षेपी, पत्थर फेंकनेके लिए प्राचीन युगका यन्त्र, उत्तोलक (लीवर) और रस्सी द्वारा काम करनेवाला प्राचीन इंजन; रबड़की गुलेल, गोफन, गुलेल; जहाजके डेकको उड़ानेवाले यान्त्रिक साधन; २. v.t. & i. गुलेलसे शिकार करना या खेलना; विमान उड़ाना ।

cataract n. महाप्रपात, प्रपात, निर्झर, बड़ा झरना, पानीकी चादर; प्रपातमाला; घनघोर वृष्टि, मूसलाधार वर्षा, झड़, वाष्प-इंजनका पानी बहनेसे चलनेवाला लट्टू; (निदान०) मुक्ताबिन्दु, मोतियाबिन्द ।

catarrh n. श्लेष्मा, पीनस, सर्दी, नजला, नाककी सूजन, जुकाम ।

catarrhal a. श्लैष्म, पैनस, जुकामी, जुकाम-सम्बन्धी ।

catasta n. विक्रय-वेदी (दासोंके लिए); दास-व्रज ।

catastasis n. वक्तृता-अपगोपनांश; प्रलयांक (यूनानी नाटकमें) ।

catastrophe n. अनर्थ, (आकस्मिक एवं व्यापक) विपत्ति; (भूगर्भ०) उत्क्रान्ति, महान् परिवर्तन, वस्तु-व्यवस्थाको विध्वस्त कर देनेवाली घटना, उथल-पुथल, उलट-फेर; निपात, विनाश, विपत्तिपूर्ण अन्त, तबाही; निर्वहण, नाटकका परिणाम ।

catastrophic, (-al) aa. विध्वंसात्मक, विपत्तिपूर्ण ।

catastrophism, catastrophist nn. (भूगर्भ०) उत्क्रान्तिवाद, विध्वंसवाद, (आकस्मिक एवं व्यापक) विपत्ति-(का सिद्धान्त या) वाद, उथल-पुथलका सिद्धान्त; विध्वंसवादी, इस सिद्धान्तका अनुयायी ।

catch[1] n. पकड़, गिरफ्तारी; झोल (एक बारमें जितनी मछलियाँ पकड़ी जायँ); क्रिकेटमें गेंद गूचने, लोकनेका साफल्य या अवसर; बिल्ली, अड़ानी, किवाड़ या दरवाजेको बन्द करनेका साधन; (संगी०) समवेत गान, कई जनोंकी गानेके लिए गीत; प्रतारणा, प्रवंचना, अनवधानता, धोखा; भुलावा देनेवाला प्रश्न; सोनेकी चिड़िया फँसानेलायक व्यक्ति या वस्तु; *~-drain* पहाड़ीके अंचलमें पानीके रुककर बहनेके लिए मोरी या नाली; *~-fly* (वन०) मक्खीचूस, चिपचिपे, लसलसे पत्तेवाला एक पौधा; *~-out* अनुमानके विपरीत स्थिति, पकड़ लेनेकी स्थिति; भाव; *~-penny* भ्रष्ट पदार्थ, निरर्थक वस्तु, बेकार चीज; *~weed* बालछड़; *~word* दृष्टि या ध्यान आकृष्ट करनेके लिए लिखे हुए शब्द; पृष्ठका अन्तिम शब्द (जो दूसरे पृष्ठपर दुहराया जाय); किसी अभिनेता, पात्रके कथनका अन्तिम शब्द; राजनीति या धर्म आदि विषयक सामयिक प्रवाहमें अति प्रचलित पद, सूत्र, नारा; चालू पद ।

~ crop, ~ drain, ~ siding, ~ water, ~water drain, ~weed.

catch[2] v.t. ग्रहण करना, धारण करना; बन्दी करना, पकड़ लेना, जा लेना, धर पकड़ना, धर लेना, धरना, पकड़ना, फाँसना *(~ up, ~ hold of)*; समय पर पाना (रेलगाड़ी आदिको); फँस जाना (किसी बातमें) *(~ in)*; लपक लेना, छीनना, उचक लेना; किसी चीजकी गति बीचमें रोकना *(nail ~es dress)*; एकाएक रोकना *(~one's breath)*; (इन्द्रियों या बुद्धि द्वारा) समझ लेना (अर्थ, ध्वनि, स्वर); अपनी तरफ आकृष्ट कर लेना (ध्यान, दृष्टि, विचार आदि); पता लगाना; बेखबरीमें उठा लेना; मारना *(caught him on the nose)*; लगना या लग जाना (आग आदिके सम्बन्धमें), जलना, जल उठना *(~ fire or ~)*; पाना; सहना, बरदाश्त करना (*~one's death)*; जकड़ना; *~ a ball* कन्दुकको पकड़ना, (बिना पृथ्वीपर गिरे गेंदको) कैच करना; *~ a glimpse of* एक झलक देखना; *~ at, in, doing* कुछ करते हुए पकड़ना, पकड़ा जाना; *~ on* चल पड़ना; *~ out* अवस्थामें उलट फेर कर देनेवाली घटना; गिरफ्त; गेंद कैच करनेपर बल्लेबाजका खेलसे अलग हो जाना; गलती करते हुए पकड़ लेना; *~ speaker's eye* लोकसभा आदिमें भाषण-निमित्त बुलाये जानेमें सफल होना; *~up speaker* बीचमें बोल उठना, टोकना; *don't ~ on* मतलब न समझना ।

catchable a. पकड़ने योग्य ।

catcher n. पकड़नेवाला (व्यक्ति) ।

catching n. (क्रियागत अर्थोंमें), पकड़ आदि; ग्राही ।

catchment n. जलग्रह, बहेत, जहाँका वर्षाजल बहकर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

नदी आदिमें जाय।

catchpole, -poll n. प्यादा, चौकीदार, कुर्कअमीन, बेलिफ, कांस्टेबल।

catchup n. अवलेह-विशेष, एक तरहकी चटनी।

catchy a. प्रतारणामय; अनुकरणीय, सरल, चित्ताकर्षक, आकर्षक।

cate n. (प्रा०) स्वादिष्ठ भोजन।

catechetic,(-al) aa. पृच्छा-प्रतिवाक्यात्मक, प्रश्नोत्तर-विशिष्ट, प्रश्नोत्तरमय; ईसाइयोंके धार्मिक प्रश्नोत्तर या सिद्धान्तके अनुकूल; प्रश्नोत्तर द्वारा, प्रश्नोत्तरका; मौखिक शिक्षासम्बन्धी।

catechism n. प्रश्नावली, प्रश्नमाला; प्रश्नोत्तरमाला, प्रश्नोत्तरी, प्रश्नोत्तर पुस्तक; प्रश्नोत्तर द्वारा शिक्षण; longer and shorter ~ प्रेस्बिटेरिन ईसाइयोंकी प्रश्नोत्तरमालाएँ।

catechismal a. प्रश्नोत्तरमाला-सम्बन्धी।

catechist n. प्रश्नोत्तरवादी, प्रश्नोत्तर शिक्षक।

catechistic a. प्रश्नोत्तरी-सम्बन्धी।

catechize v.t. प्रश्न करना, परीक्षा लेना; धार्मिक प्रश्नोत्तरमाला पढ़ाना, प्रश्नोत्तर द्वारा शिक्षा देना।

catechizer n. धार्मिक गुरु, प्रश्नकर्ता।

catechu n. खदिर, कत्था, खैर;

~ brown, ~ palm, ~ red, ~ tannic acid, ~ tree.

catechumen n. खीष्टीय धर्मशास्त्रका प्रथम शिक्षार्थी, बप्तिस्माके पहले शिक्षार्थी ईसाई।

categorematic a. (तर्क०) स्वयं-पदार्थवाची।

categorical a. (तर्क०, प्रतिज्ञासम्बन्धी) निरुपाधिक, निरपेक्ष, केवल, स्वतन्त्र; सुनिश्चित, स्पष्ट, सीधा; ~ imperative विवेकका आदेश, विवेककी आज्ञा (जो सर्वोपरि नैतिक कानून माना जाता है)।

categorically adv. निरपेक्षतः; स्पष्टतया, सीधे।

categoricalness n. निरपेक्षता; स्पष्टता।

categorisation n. प्रवर्गीकरण।

categorise v.t. वर्गीकृत करना, विभाजित करना।

category n. प्रवर्ग, प्रकार, श्रेणी, विभाग, वर्ग (समान जातिके पदार्थोंका वर्ग, जिसमें सभी पदार्थोंका समावेश हो सके); इन्द्रिय-बोधसे प्राप्त विचारके लिए मानसिक वर्ग।

catena n. सम्बन्ध-सारणी, शृंखला।

catenary, catenarian nn. & aa. माला, मालावक्र, मालारूप, दो छोरोंसे बँधी लटकती हुई जंजीरकी वक्रता (सा); ~ bridge झूलना पुल।

catenate v.t. शृंखलावत् बाँधना।

catenation n. शृंखलीकरण, परस्पर-सम्बन्ध।

catenulate a. शृंखला-रूप।

cater[1] n. (अप्रच०) ताश या पाँसेका चौथा।

cater[2] v. i. आहार प्रदान करना, देना, खिलाना, खानेकी सामग्री जुटाना; मनोरंजनादिका प्रबन्ध करना।

cateran n. (स्कॉट०) डाकू, लुटेरा, पशुचोर, गोरूचोर; पहाड़ी योद्धा या लड़ाका।

cater-cousin n. (प्रा०) घनिष्ठ मित्र, गहरा दोस्त; *be* ~s बहुत घनिष्ठता होना, अच्छा सम्बन्ध होना।

caterer n. आहारप्रदायक, भण्डारी, भोजनादिकी व्यवस्था करनेवाला।

catering n. आहार-प्रदान, खिलाई;

~ branch, ~ contractor, ~ department, ~ establishment.

caterpillar n. (यन्त्र०) टैंक आदिके पहियोंपर चढ़ायी जानेवाली माल; पदातिक, पदातिजातक, तितलीका लार्वा, पूर्व, पहिला रूप, डिम्भ, कमला, झाँझा; खाऊ आदमी।

caterwaul १. n. बिडाल-युद्ध, बिलाव-लड़ाई, बिल्लीकी-सी चिल्लाहट या म्याऊँ-म्याऊँ; २. v. i. बिल्लियोंकी तरह लड़ना; बिलारका-सा शब्द करना, म्याऊँ-म्याऊँ करना।

cates n. (pl.) पकवान, स्वादिष्ट भोजन, मधुर भोजन, मजेदार खाना।

catgut n. आन्त्रतन्ति, तन्तु, वाद्ययन्त्रका तार, ताँत, आँतकी ताँत; ताँतवाला बाजा।

catharism n. पवित्रतावाद, कैथारिस्तका विश्वास; मैनीचियन जातिकी कार्य-पद्धति।

catharsis n. (औष०) विरेचन; रेचना, रेचकता, रेचन-क्रिया; शरीर-शुद्धि; (सा०) रूपक या नाटक द्वारा सामाजिकों या दर्शकोंके मनोनिविष्ट भावोंकी अभिव्यक्ति।

cathartic, (-al) n. & a. (औष०) कोष्ठपरिष्कारक, रेचक (ओषधि), दस्तावर, जुलाब।

cathartive a. विरेचक, रेचक, दस्तावर।

Cathay n. (प्रा० और का०) चीन देश।

cathead n. (नौवि०) बन्धमुण्ड, लंगरसे जहाजको बाँधनेकी रस्सी।

cathedra n. पादरीका सिंहासन, अध्यापकका आसन।

cathedral n. & a. (~ *church* भी) प्रधान गिरजा, प्रधानाचार्य या बिशप द्वारा शासित प्रदेशका बड़ा गिरजा; ~ utterance बड़े गिरजेका प्रामाणिक भाषण।

Catherine-wheel n. (आतिशबाजी) सूरजमुखी चक्र, घनचक्कर, चर्खी; करवटकी कलाबाजी, पहलूपर कलाबाजी; सूरजमुखी खिड़की; *turn* ~s कलाबाजी खाना।

catheter n. (औष०) मूत्रनिष्कासन यन्त्र, मूत्र निकालनेका यन्त्र, नलिका, नली या सलाई।

cathetometer n. उत्सेधमान, तलमापक, तरल पदार्थके तलको नापनेका यन्त्र।

cathode n. (बिजली) निद्वार, ऋणद्वार, ऋणाग्र, अधोद्वार, बिजलीकी धाराका ऋणछोर, कैथोड;

~ glow, ~ luminescence, ~ particle, ~ ray, ~ ray eye = RADAR, ~-ray oscillograph, ~-ray tube, ~-ray tube indicator, ~-ray tube screen.

catholic n. & a. सहिष्णु, उदारमना, निष्पक्ष, समचित्त, सर्वग्राही; सार्वलौकिक, सार्वजनिक रुचिका; सार्वभौम; C~ रोमन कैथोलिक ईसाई; C~ Church

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

सम्पूर्ण ईसाई जगत्, कट्टर (ईसाई) चर्चका सदस्य; C~ emancipation रोमन कैथोलिक चर्चवालोंका उद्धार; C~ Epistles जेम्स, पीटर, जूड और जॉनके पत्र।

catholicise v.t. सार्वभौम बनाना, रोमन कैथोलिक बनाना।

catholicism n. औदार्य, सहिष्णुता, सार्वलौकिकता; कट्टर ईसाईपन; कैथोलिक या रोमन कैथोलिक मत, रोमन कैथोलिक धर्म।

catholicity n. सार्वभौमता, सार्वजनीनत्व, विशालता; निष्पक्षता, सहिष्णुता. उदारचित्तता; रोमन कैथोलिक या कैथोलिक चर्चके सिद्धान्त या उस धर्मकी अनुकूलता या अनुगमन।

catholicon n. सर्वरोग नाशक ओषधि, 'रामबाण' ओषधि।

cathood n. बिल्लीपना।

Catiline n. षड्यन्त्रकारी, दुरभिसंधिकारी, दुर्मना,लुच्चा।

cation n. न्ययन, धनायन।

catkin n. निलम्बशूकी, विडाललूमी, भोजपत्रके वृक्ष आदिकी कली या फूल (जो आकारमें बिल्लीकी दुमसे मिलता जुलता है)।

catlike a. ईर्ष्यालु; बिल्ली-जैसा, बिल्लीका-सा।

catling n. छोटी बिल्ली; बिल्लीका आँत; जर्राही छुरी।

catmint n. विडालपर्णी, एक वृक्ष।

catnip ⊙ n. = CATMINT.

catodont a. अधोदन्त, अधरदन्ती।

catoptric a. प्रतिविम्बित, प्रतिबिम्ब-, (~ light); परावर्तन-सम्बन्धी, प्रतिबिम्ब या दर्पणका।

catoptrics n. परावर्तन-विज्ञान, प्रतिबिम्ब-प्रकाश-विज्ञान (का वह भाग जिसमें परावर्तनसे निर्मित आकारोंका विवरण रहता है)।

catoptromancy n. प्रतिबिम्ब ज्यौतिष।

cattalo n. गाय और भैंसाके संयोगसे उत्पन्न बछड़ा (संकरोत्पत्ति), बछपाड़ा।

cattish, catty aa. मार्जारवत्, बिल्लीका-सा; ईर्ष्यालु और धूर्त।

cattle n. पशु, ढोर, मवेशी, डंगर; गोधन, गायबैल (~ *and sheep*); (आ०) घोड़ा; black ~ स्कॉटलैण्ड और वेल्सके पहाड़ोंके काले बैल; घृण्य व्यक्ति; ~-feeder चारा-नाप, एक कल (जिससे मवेशियोंके चारेका परिमाण जाना जाता है); ~-leader नाथ, नकेल, जानवरोंकी नाककी रस्सी; ~-lifter, ~-rustler ⊙, ~-stealer पशुचोर, ढोर चुरानेवाला; ~man ⊙ पशुपाल, जानवरोंकी देख-भाल करनेवाला; ~pen गो-व्रज, पशुशाला,गोठ, खरिक, ढोरोंको बाँधने और बन्द करनेका घेरा या बाड़ा, ~-piece वह चित्र (जिसमें जानवर दिखाये गये हों); ~-plague पशु-महामारी, पशुओंकी मरी (छूत रोग); ~ breed, ~-breeding, ~-breeding farm; ~-breeding section, ~-broker, ~ camp, ~ census, ~ class, ~ dealer, ~ disease, ~ droppings, ~-dung, ~-dung manure, ~ egret, ~ exhibition, ~ fair, ~ farms, ~-feed ~-feeding, ~ fever, ~ fodder, ~ food, ~food depot, ~ hide, ~ history, ~ improvement, ~ loading dock, ~ louse, ~ manure, ~ market, ~ mortality register, ~ owner, ~ pelt, ~ poisoning, ~ population, ~-pound, ~-pound circle, ~-pound fees, ~-pound receipt, ~-proof fence, ~ quarantine station, ~ registration, ~ registration fee, ~ registration fee register, ~ sale, ~ sale registration, ~ sale registration fees, ~ seized, ~ shed, ~ shed manure, ~ show, ~ show committee, ~ skin, ~ slaughter house, ~ stable, ~ stand, ~ stealing, ~ stock, ~ stock book, ~ survey, ~ tick, ~ traffic, ~ trespass, ~-trespass-fine, ~-trespassing, ~ truck, ~ urine, ~utilization, ~ wagon.

Caucasian n. & a. प्रार्य, भारोपीय, काकेशिया पर्वत या गोरी जातिका (व्यक्ति)।

caucus १. n. प्रसम्मिलन, बैठक; दल, पार्टी, प्रायः चुनाव लड़नेवाला गुट (जो नीति आदिका निर्धारण करता है); २. v.t. & i. स्थानीय दलबन्दीका व्यवहार करना या होना, इसके साधनों द्वारा संघटन करना, शासन करना; the ~ स्थानीय दलबन्दी।

caucusdom n. दलगत सिद्धान्त या शासन।

caucuser n. दलबन्दी चलानेवाला।

cauda n. पुच्छ, पूँछ, दुम।

caudal a. पौच्छ, पुच्छ, पुच्छीय, पश्च, पूँछ-सा, पूँछके समान, पूँछ या दुमका; ~ artery, ~ filament, ~ fin, ~ gill, ~ heart, ~ pit, ~ shield, ~ spine, ~ style, ~ vein.

caudate a. पूँछवाला, दुमदार।

caudex n. वृक्ष-स्तम्भ, पेड़का तना।

caudle n. अँगरेजी अछवानी या हरीरा, गर्म काँजी (जिसमें मसाले, शक्कर और शराब आदि पड़ी होती है)।

caught p.t. & p.p. of CATCH.

caul n. शीर्षावरण, बालजाली, औरतोंकी टोपीके पीछेका चौरस भाग; जरायु, जाली, झिल्ली, उल्व (वह झिल्ली जिसमें बच्चा पैदा होता है); ऐसी झिल्ली या आवरणका वह भाग (जो कभी-कभी बच्चेके सिरपर होता है)।

cauldron, cal~ n. देग, हण्डा।

caulescent a. (वन०) स्तम्भवान्, तनेका।

caulicle n. (वन०) लघुस्तम्भ, छोटा तना।

cauliflower n. फूलकपि, पुष्पशाक, फूलगोभी, गोभी।

cauliform a. वृन्ताकार, डण्ठलके आकारका।

cauline a. (वन०) स्तम्भीय, स्तम्भसे सम्बन्धित।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

caulk v.t. संस्थगन करना, पोतों या जहाजोंकी सन्धि बन्द करना, चीर भरना, गहनी करना।

caulker n. जहाजकी सन्धि बन्द करनेवाला।

caulking iron n. संस्थगन-यन्त्र, दरार बन्द करनेका औजार।

causal a. नैमित्तिक, हेतुक, कारणवाची, कारणरूप, कारणसम्बद्ध, कारणयुत, कारणविषयक, कारण-सम्बन्धी; कारण और कार्यकी प्रकृतिका।

causality n. कारणत्व; कारणता; कारणवाद; कार्यकारण सिद्धान्त, कार्यकारण-सम्बन्ध।

causally adv. कारणतः, कारणकी दृष्टिसे।

causation n. कारणत्व, कारणता, हेतुत्व, कार्यकारण-सम्बन्ध; कार्यकारणका सिद्धान्त; कार्य या फलका उत्पादन, उद्भावन, जनन।

causationism n. कार्यकारणवाद।

causationist n. कार्यकारणवादी, कार्यकारणके सिद्धान्तका अनुयायी।

causative a. हेतुक, उत्पादक; (व्या०) णिजन्त, णिच्-र्थक, प्रेरणार्थक, कारणवाचक।

causatively adv. हेतुतः, कारणव्यंजक रूपसे।

cause[1]* n. निमित्त, हेतु, मूल, कारण*; प्रवर्त्तक, कारक, कर्त्ता (व्यक्ति या वस्तु जो किसी वस्तुका कारण हो); क्रियाका आधार, उद्देश्य, प्रयोजन, औचित्य, उचित कारण; मुकदमा (जिसमें प्रायः कुछ स्थिति व्यक्त हो); विचार्य पद; वादहेतु, वादमूल (कानून); दावा (*plead a* ~); अभियोग, नालिश; संघर्षकी गति, पक्ष, प्रचार (प्रतिपक्षका विलोम), झगड़ेका कोई पहलू (जो कोई व्यक्ति या संस्था ग्रहण करे); ~-list मुकदमोंकी सूची; efficient ~ निमित्त कारण, कारक हेतु; final ~ लक्ष्य, उद्देश्य; first ~ स्रष्टा, परमात्मा; formal ~ रूपकारण, परिभाषा; material ~ समवायि-कारण, मूल कारण; *make common ~ with* पक्ष ग्रहण करना, सम्मिलित हो जाना; *show* ~ हेतुको स्पष्ट करना, कारण व्यक्त करना, कारण बतलाना।

cause[2] v.t. अस्तित्व लाना, उत्पादन करना या कराना, उत्पन्न करना; कारणभूत अथवा निमित्तभूत अथवा हेतुभूत होना या करना।

causeless a. अहेतुक, निष्कारण, अकारण; निष्प्रयोजन, निराधार; अकर्तृक, कर्तृहीन।

causelessness n. कारणराहित्य, हेतुहीनता।

causer n. प्रवर्त्तक, प्रयोजक, कारणभूत, उद्भावक, उत्पादक, जनक, कर्त्ता, कारण, अस्तित्वमें लानेवाला।

causerie n. समाचार-पत्रोंमें एक लेख-स्थान; लघु निबन्ध, टिप्पणियाँ।

causeway, causey १. n. बाँध, उपसेतु, पुल; उच्च रास्ता, सड़कके किनारे पैदल चलनेवालोंके लिए उभारदार रास्ता; २. v.t. उच्च रास्ता बनाना, उभारदार रास्ता बनाना, बाँध या पुल बनाना।

caustic n. & a. क्षारक, दाहक, प्रदाही, मांसदाहक, मांसनाशक, जलानेवाला (पदार्थ); कास्टिक सोडा; मर्मन्तुद, अरुन्तुद, मर्मवेधी, कटु, तिक्त, तीखा; (गणित) रश्मिस्पर्शी; खराग्र वक्र, किसी नतोदरतलसे परावर्तित या परिवर्तित रश्मियोंके पृथक्करणसे निर्मित धरातल या आग्नेय वक्र रेखा; common or lunar ~ सिलवर नाइट्रेट, जलानेवाली ओषधिविशेष (जो जर्राहीके काम आती है)।

causticity n. मांसदाहकता; तीव्रता, जलन।

cautelous a. खबरदार, होशियार, चालाक।

cauter n. दाहन-लौह, दागनेका लोहा।

cauterization n. दाहन, दागनेकी क्रिया।

cauterize v.t. काष्टिक या तप्त लोहे द्वारा दग्ध करना, गरम लोहे या कास्टिक तेजाबसे दागना या गुल देना; निर्दय या निर्मम करना, कठोर बनाना, संगदिल करना।

cautery n. मांसदाह, दागनेका लोहा; दाहन, दाग; दाहक पदार्थ।

caution १. n. प्रागवधान, समवधान, अवधान, भयावधान, दक्षता, सतर्कता, सावधानी, चौकसी, होशियारी; (ड्रिलमें आदेशका आरम्भिक शब्द) सतर्क हो जाओ! खबरदार! (डाँट-फटकारके साथ) चेतावनी; (ग्रा०) असाधारण वस्तु; अनोखा या डरावना आदमी; २. v.t. झिड़कना, फटकारना; चेतावनी देना, जताना, खबरदार करना, आगाह करना (कुछ करने या न करनेके लिए); ~ money प्रतिभू-धन, जमानतका रुपया; *dismissed with a* ~ चेतावनी देकर खारिज कर देना।

cautionary a. समवधायी, सतर्कतापूर्ण, सतर्क, सावधान, सचेत करनेवाला।

cautioner n. प्रतिभू, जमानत लेनेवाला।

cautious a. समवधायी, सतर्क, सावधान, चौकस, खबरदार।

cautiousness n. दक्षता, पटुता, पाटव, नैपुण्य, निपुणता, होशियारी, चौकसी, खबरदारी।

cavalcade n. घुड़सवारोंका दल, दस्ता, सवारोंका जत्था।

cavalier १. n. अश्वारोही, अश्ववार, घुड़सवार, घुड़चढ़ा, सवार; आमोदप्रिय योद्धा, सौन्दर्य प्रेमी शूरवीर; राजतन्त्रवादी, १७वीं शतीमें राजपक्षीय, इंग्लैण्डके राजा प्रथम चार्ल्सके पक्षका व्यक्ति; २. v.t. महिला-सहचर होना; ३. a. साहसी, अक्खड़, बेधड़क; अभिमानी, घमण्डी, नकचढ़ा; अभद्र, रूखा।

cavalry a. अश्वानीक, अश्वसेना, घुड़सवार सैनिक, सवारोंका रिसाला।

cavatina n. (संगीत०) छोटा-सा साधारण गीत या तान।

cavation n. इमारत बनानेके लिए नींव खोदनेकी क्रिया, आधार खनन।

cave[1] n. गह्वर, गर्त्त; कन्दरा, गुफा, खोह, माँद; (राजनीति) गुटबन्दी, किसी प्रश्नपर एक दलके एक भागका पृथक् हो जाना; इस प्रकार पृथक् हो जानेवाले; ~-dweller गुहावासी मनुष्य (प्रागैतिहासिक पुरुष); idols of the ~ भ्रान्ति, भ्रम।

cave[2] v.t. & i. गुफा खोदना, गुफा या कन्दरा बनाना; राजनीतिक दलको अलग करना; आत्मसमर्पण करना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

वश्यता या पराजय स्वीकार करना, विरोध छोड़ देना, हार मानना; बिगाड़ देना, तोड़-फोड़ डालना (किसीका सर या टोप); ~ *in* बैठ जाना, दब जाना (किसी गुफा कन्दरा आदिकी दीवारका अन्दर धँस जाना)।

cave[3] int. (ग्रा०) खबरदार, होशियार ! (अध्यापकके आगमनकी सूचना)।

caveat n. (कानून) विराम-पत्र, सावधान-पत्र; अदालती कार्रवाई बन्द करनेकी प्रक्रिया, उज्रदारी, आपत्ति (*enter, put in, a* ~); चेतावनी; प्रतिबन्ध, अपवाद।

caveator n. बाधक, प्रतिबन्धक, प्रतिरोधक।

cavelet n. छोटी गुफा।

cavendish n. खमीरा तम्बाकू, तम्बाकूकी पत्तियोंकी दबी हुई टिकिया।

cavern १. n. भूमिष्ठ गुहा, वृहद् गुहा, कन्दरा, खोह, गुफा; २. v.t. गुहा खोदना या बनाना; कन्दरामें रखना।

caverned a. गुहायुक्त, गुहामय, गुफाके समान, खाली।

cavernous a. गुहाबहुल, गुहामय, गुफा-सा विशाल या खाली; सुषिर, छिद्रिष्ट, छिद्रिल, छिद्रमय, सूराखदार; ~ darkness घटाटोप अन्धेरा; ~ eyes गुहासरीखी आँखें, अन्दर धँसी हुई आँखें; ~ mouth धँसा हुआ या पिचका हुआ मुँह।

cavernulous a. छिद्रपूर्ण, छिद्रबहुल, रन्ध्रयुक्त।

caves(s)on n. नासा-बन्धन, नाथ, पट्टा (घोड़ेका)।

caviar(e) n. मछलीका स्वादिष्ट अचार; ~ *to the general* बन्दर क्या जाने अदरकका स्वाद, अच्छी चीज जिसे अज्ञ नापसन्द करे।

cavicorn n. खोखला सींग।

cavie n. कुक्कुट-व्रज, दरबा; पिंजर, पिंजरा।

cavil n. & v. i. वितण्डा (करना), असार आपत्ति या कुतर्क (करना), मिथ्या दोष (निकालना)।

caviler n. दोषदर्शी, खोट निकालनेवाला।

cavity n. ठोस वस्तुके भीतर कूप, गह्वर, गर्त, रन्ध्र, विवर, छिद्र, गढ़ा, पोली या खाली जगह।

cavort v. i. (ग्रा०) इतराकर चलना, ऐंठकर चलना; नाचना, उछलना, कूद-फाँद करना ⊙।

cavy n. वण्टाखु, घूस, अमेरिकाका एक जन्तुविशेष, केवी।

caw १. n. कौवेका काँव-काँव; २. v.t. & i. काँव-काँव करना; ~ *out* काँव-काँवकी आवाजमें बोलना, कहना।

cawk n. = CAULK.

caxon n. पुराने ढंगकी केश-टोपिका, विग।

cay n. मत्स्य-वृन्द; प्रवाली, प्रवालमाला; सिकता।

cayenne n. (~ *pepper* भी) पीसी हुई गोल मिर्च।

cayman, caiman n. कुम्भीर, अमरीकी नक्र, ग्राह, नाका, घड़ियाल, मगर।

cayuse n. छोटा टट्टू, मरियल घोड़ा।

ceanothus n. एक फूलदार झाड़ी।

cease[1] n. निवर्तन, पर्यवसान, समाप्ति (प्रा० *without* ~ अनवरत, लगातार, को छोड़कर)।

cease[2] v.t. & i (संघर्ष, उद्योग आदि) निबेरना, निबटाना, चुकाना; त्याग करना, छोड़ देना, हट जाना; अन्त होना या करना, बन्द होना या करना, निबरना; (अनुभूति, कर्मका) समाप्त होना या करना; ~-fire (सेना०) युद्धस्थगन, गोलाबारी बन्द करना।

ceaseless a. अविरत, अविराम, लगातार, निरन्तर, बराबर।

ceaselessly adv. निरन्तर, अनवरत रूपसे।

ceaselessness n. नैरन्तर्य, अनवरतता, लगातारी।

ceasing n. विराम, यति, रुकावट।

cecils n. pl. बाटियाँ, अंगाकड़ी, अच्छी किस्मकी रोटी, मक्काका पकवान।

cecity n. अन्धता, अन्धापन; शारीरिक अथवा मानसिक अन्धता।

cedar n. देवदारु वृक्ष, दियार; देवदारुसे मिलते-जुलते अन्य वृक्ष।

cedared a. देवदारु-प्रच्छन्न, देवदारुसे ढका हुआ।

cedarn a. देवदारु-सम्बन्धी, देवदारुका।

cede v.t. अभ्यर्पण करना, समर्पण करना, वश्यता स्वीकार करना, समर्पित करना, मान लेना; त्याग करना, सौंपना, हवाले करना, दे देना (देश आदि); हथियार डाल देना, अधीनता स्वीकार करना।

cedilla n. C के नीचे लगनेवाला चिह्न (जो 'श'की ध्वनिका संकेत करता है)।

cedrine a. देवदारु-सम्बन्धी, देवदारुक।

cee n. C वर्ण; ~ spring, C-spring गोल कमानी, गाड़ियोंकी कमानी (जिसकी आकृति c वर्णके समान होती है)।

ceil v.t. (कमरेकी) छतगीरी लगाना (लकड़ी या कपड़ेकी)।

ceiling n. चादरछत, भीतरी छत; (उड्डयनमें) किसी वायुयान द्वारा गन्तव्य ऊँचाई, (ऋतुविषयक परिस्थिति-विशेषमें वायुयानकी) अधिकतम गन्तव्य ऊँचाई; मूल्य या मजदूरी आदिकी अन्तिम सीमा, अति।

celadon n. अवपीताहरित, हरा-सा रंग; हरी चीनी मिट्टी।

celandine n. महापीतफेन, अर्कवृक्ष, पीले फूलवाले दो पौधे; Greater ~, Pilewort बवासीरा (इसकी पत्तियोंका प्रयोग बवासीरमें होता है); Lower ~, Figwort अंजीरा।

celanese n. शुक्त-कौशेय; रेशमी और बनावटी कपड़ोंका व्यापार-चिह्न।

celebatarian n. & a. ब्रह्मचारी, अविवाहित, क्वाँरा।

celebrant n. धर्मोत्सव-सम्पादक, ईसाइयोंका धर्मकर्म करानेवाला पादरी, कर्मकाण्डी।

celebrate v.t. & i. (त्योहार, घटना, समारोह) मनाना, उत्सव रचना, उत्सव मनाना, सम्मानके साथ करना; समारम्भ करना, अनुष्ठान करना, आचरण करना, (धार्मिक प्रथा आदि); पुरोहित या पादरीका कार्य करना;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

कीर्तिगान करना, प्रशंसाका प्रचार करना; प्रसिद्ध करना।

celebrated a. यशस्वी, प्रसिद्ध।

celebration n. स्मृतिरक्षा; यथाविधि अनुष्ठान, समारम्भ, समारोह, उत्सव, अनुष्ठान; प्रसिद्धि, प्रशंसा, प्रचार।

celebrity n. यशस्वी व्यक्ति, प्रसिद्ध जन या व्यक्ति; प्रतिष्ठा, यश, ख्याति, प्रसिद्धि (~ *concert*)।

celerity n. त्वरित गति; त्वरा, द्रुतता, वेग, चुस्ती, फुर्ती, तुर्त-फुर्त (सजीव गति)।

celery n. प्रयवानी, अजमोद, खुरासानी अजवाइन, (सलाद और सागमें काम आनेवाला पौधा)।

celesta n. (संगीत) वाद्यतन्त्र-विशेष, एक खास किस्मका बाजा जिसमें हथौड़ियाँ लोहेकी तश्तरीपर पड़कर आवाज करती हैं।

celeste १. a. अवनील, आसमानी रंग का; २. n. बाजा, बाजेकी खूँटियाँ।

celestial n. & a. खगोलीय, आकाशीय, आसमानी, आकाश-सम्बन्धी या आकाशका; स्वर्गीय, दिव्य; C~ Empire दिव्य साम्राज्य, चीन; ~ globe खगोल, आकाशमण्डल; ~ damsel दिव्य सुन्दरी, देव-बाला, अप्सरा, परी; ~ world देवलोक, स्वर्ग।

celestine n. शोणशुल्वी, गगनाश्म, एक आसमानी धातु।

celiac a. उदर-सम्बन्धी, पेटसे सम्बन्धित।

celibacy n. कौमार्य, ब्रह्मचर्य-जीवन, कुँवारापन।

celibate n. & a. अनूढ़ (व्यक्ति), कुमार, बालब्रह्मचारी, अविवाहित (व्यक्ति) कुँवारा; अविवाहित (जीवन, प्रकृति)।

cell n. (बिजली) विद्युद्घटक, कोष्ठ, कोष, बिजली उत्पन्न करनेका यन्त्र, बैटरीकी इकाई, सेल; कोशाणु, कोशा, मूल उपादान (प्राणि०); मधुमक्खीके छत्तेका एक खाना, घर, (उद्भिद्) कोषमय कक्ष, कटोरीदार खाना; अधीनस्थ विहार या भिक्षुणी-विहार, मठ (इति०); त्यागी या संन्यासीका कक्ष या कुटी, झोंपड़ी; (उपकोष्ठ) कुटीर, कोठरी; (का०) समाधि, कब्र; मठ या कैदखानेका एकान्त, तनहाई; (ला०, व्यक्तियोंके विषयमें) (क्रान्तिकारी) प्रचारका केन्द्र; condemned ~ कालकोठरी, मृत्युदण्ड प्राप्त कैदीकी कोठरी; ~*s of brain* मस्तिष्ककी विभिन्न शक्तियोंके पृथक्-पृथक् काल्पनिक विभाग;

~ cavity, ~ constant, ~-content, ~ division, ~ elements, ~ formation, ~ house operation, ~ hyperplasia, ~-lineage, ~ membrane, ~ metabolism, ~-mouth, ~ partition, ~ phenomena, ~ plate, ~ plate method, ~ protoplasm, ~ resistance, ~ sap, ~ theory.

cella(r)[1] n. मन्दिरका भीतरी कक्ष।

cellar[2] n. भूमिके नीचेका गोदाम; (*wine* ~ भी) सुरागार, शराबका तहखाना (*keeps a good* ~); ~ flap तहखानेका चोर दरवाजा; ~ plate कोयलेके गोदामके मुँहपर पट्टी, तख्ती; ~man सुरागार-पाल।

cellarage n. तहखानेका भण्डार; माल-भराई।

cellarer n. मद्यविक्रेता, शराब बेचनेवाला; मठ या विहारमें शराब और खाद्यका भण्डारी, कोठारी।

cellaret n. भोजनगृहमें शराबकी बोतलें रखनेके लिए अलमारी या छोटी सन्दूक।

celled a. कोषमय, खानादार; रन्ध्रमय, सूराखदार।

celliferous a. कोष्ठोत्पादक या कोष्ठयुक्त, जीवित तत्त्व उत्पन्न करनेवाला, कोठरियोंवाला।

celliform a. कोष्ठ या कोषके आकारका।

cellist n. वायलिन बजानेवाला।

cello n. कोशा, एक प्रकारका वायलिन बाजा।

cellophane n. काचाभ-वस्त्र (बेठनके लिए)।

cellular a. कोष्ठमय, कोषीय, कोशामय, कोशवान्, सकोश, घटकमय खानादार; ~ plant कोष-वनस्पति, वह पौधा जिसके तनेमें पत्तियाँ प्रकट न हों; ~ shirt जालीदार कमीज; ~ tissue कोशा-ऊति, छोटे-छोटे घरोंवाला कपड़ा।

cellularity n. कोष्ठमयता, कोषमयता, कोषमय होना।

cellulate, cellulated aa. कोषमय, खानादार, कोष्ठमय।

cellulation n. कोष्ठमयता, कोषयुक्तता।

cellule n. (श०र०शा०) कोषिका, कोष, विवर, क्षुद्र गुहा, सेल।

celluliferous, cellulous aa. कोषवत्, कोष्ठके समान, कोष्ठ-सा, खाना-सा।

cellulitis n. कोशातिकोप, कोश-शोथ, एक छूतका रोग।

celluloid n. & a. कोशाध्वाभ, काष्ठकर्पूर, सेल्युलाइड; कर्पूर और सेल्यूलोससे बना हुआ मसाला; हाथी दाँतकी तरह प्रतीयमान कृत्रिम पदार्थ, हाथी दाँत-सी नकली चीज; कोशाकार; कोशवत्।

cellulose[1] १. n. कोशाधु, कोशरस, कोशोज, (रसा०) (वह पदार्थ जिससे पौधोंके ठोस भागका निर्माण होता है), सेल्यूलोस; (प्रचलित प्रयोग) ~ *acetate* कोशाधु शुक्तीय तथा ~ *nitrate* कोशाधु भूयीय (जिनके सम्मिश्रणसे धातु और लकड़ीपर वार्निश करते हैं); २. v.t. सेल्यूलोसकी वार्निश करना;

~ flour, ~ paint, ~ tissue, ~ wadding.

cellulose[2] a. कोष्ठपूर्ण, छिद्रिल, कोशमय, खानेदार, सेल्यूलोस।

cellulosity n. कोशाधुता, कोष्ठपूर्णता, छिद्रमयता।

celotex n. फल्गुपट्ट, एक इमारती लकड़ी, सेलोटेक्स।

Celsius n. शतिक तापमान; शतांश तापमापकका आविष्कर्ता।

Celt[1], **K~** n. प्राचीन गैल्ली जातिकी एक शाखा, सेल्ट, केल्ट।

celt[2] n. (पुरातत्त्व०) कुठार, परशु, (काँसे या पत्थर या लोहेका बना हुआ प्रागैतिहासिक कुठार)।

Celtic, K~ n. & a. केल्ट जातिकी (भाषा); *the* C~ *fringe* ग्रेटब्रिटेनकी स्कॉच, आयरदेशीय, वेल्सीय और कार्नवाली (अर्थात् सीमावर्ती) जातियाँ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

celticise v.t. & i. केल्ट बनाना या हो जाना।
celticism n. केल्ट वैशिष्ट्य या गुण, केल्टीयता।
celtomania n. केल्ट जाति और भाषासे घोर अनुराग।
cembalist n. 'सेम्बालो'-वादक, 'सेम्बालो' नामक बाजा बजानेवाला।
cement १. n. वज्रचूर्ण, सीमेण्ट; युग्मलेप, वज्रलेप, सन्धिबन्धन, जोड़नेका मसाला; (ला०) ऐक्यका सिद्धान्त; दन्तवज्र, दाँत भरनेका पदार्थ; दाँतका अस्थिमय रक्षक आवरण; २. v.t. सीमेण्ट लगाना, सीमेण्ट भरना; सीमेण्टसे जोड़ना; hydraulic ~ जलीय सीमेण्ट, पानीके भीतर कठोर हो जानेवाली सीमेण्ट;
~ black, ~ castings, ~company, ~ concrete, ~ concrete slab, ~ concrete strip, ~ concrete structure, ~ copper, ~ factory, ~ gland, ~ macadam, ~ mortar, ~ organ, ~ partition, ~ pipe, ~ plaster, ~ processing industry, ~ sheets, ~ steel, ~ stone, ~ structure, ~ technologist, ~ tester, ~ tile, ~ tile floor, ~ trough, ~ wall blackboard.
cementation n. संयोजना; वज्रण; संव्यापन, जुड़ाई।
cemetery n. शवाधिस्थान, शवस्थान, समाधिक्षेत्र, शवभूमि, कब्रिस्तान (जो गिरजेकी सीमामें न हो)।
cenacle n. नक्ताश-कक्ष, रातके भोजनका कमरा।
cenobite n. समाजमें रहनेवाला किसी धार्मिक सम्प्रदायका भिक्षु।
cenotaph n. अन्यत्र दफनाये हुए दिवंगतके लिए स्मरण-स्तम्भ, छतरी; शून्यसमाधि, शून्यस्मारक, कल्पित कब्र, शून्यकब्र, रौजा, कब्र (जिसमेंसे मुर्दा उठा लिया गया हो); the C~ ह्वाइटहालमें १९१४-१८ के महायुद्धमें मरे सैनिकोंका स्मारक।
cense v.t धूपदान देना, धूप जलाना, धूप दीपसे पूजा करना।
censer n. समुच्छल, धूपपात्र, धूपदानी, अगरदान, धूप जलानेका पात्र।
censor १. n. दोषान्वेषक, अभिवेचक, दोषदर्शी, अपवादक, निन्दक, दूसरोंके आचरण और नैतिकतापर मत व्यक्त करनेवाला; प्राचीन रोमका मजिस्ट्रेट (जो नागरिकोंकी जनसंख्याकी गणना और सूची रखता था और जनसाधारणके सदाचारपर दृष्टि रखता था); सरकारी तौरसे पुस्तकों, नाटकों, समाचारों या सेनाकी जानकारियों आदिको आपत्तिजनक, अनुचित, विद्रोहपूर्ण, अश्लील ठहरानेवाला, सेन्सर; विश्वविद्यालयके निरीक्षक, विभिन्न अधिकारी; २. v.t. नियन्त्रण करना, निरीक्षण द्वारा मुक्त या नियन्त्रित करना, अभिवेचन करना।
censorial a. आलोचनात्मक, दोषदर्शी।
censorious a. छिद्रान्वेषी, दोषान्वेषी, दोषाभिवेची, दोषदर्शी।
censoriousness n. छिद्रान्वेषण, दोषदृष्टि, अपवाद, निन्दा।
censorship n. सम्वाद-नियन्त्रण; सेन्सरका पद या कार्य; प्रतिबन्धक व्यवस्था, वह प्रतिरोधी शक्ति (जिसके द्वारा अचेतन मनके तत्त्व चेतनाधिगत नहीं होने पाते)।
censual a. संगणनीय, जन-गणनासम्बन्धी।
censurable a. निन्द्य, कुत्स्य, दोषभागी, तिरस्करणीय।
censurableness n. परिनिन्दनीयता, निन्द्यता।
censure १. n. निन्दन, परिनिन्दन, निन्दा-प्रकाशन; दोषारोपण; तिरस्कार, झिड़क, फटकार; निन्दा; उपालम्भ; २. v.t. निन्दित करना, निन्दा करना, कलंकित करना, दोष लगाना।
census n. (सरकारी) संगणना, जनगणना, मनुष्यगणना (भारत आदि देशोंमें प्रति दसवें वर्ष); ~-paper जनगणनाका पत्रक या फार्म (जो स्थान-पूर्तिके लिए किसीके घर छोड़ दिया जाय);
~ inquiry, ~ investigation, ~ population, ~ register, ~ report.
cent n. शत, सौ, सैकड़ा; शतांश, डालरका सौवाँ भाग, अमेरिकाका एक छोटा सिक्का, सेण्ट (*don't care a* ~); ~ *per* ~ शतप्रतिशत ब्याज; per ~ प्रतिशत, प्रतिसैकड़ा।
cental n. शतल, सौ पौण्ड तोलका बाट (अनाजके लिए)।
centaur n. नराश्वग्रह, एक नक्षत्र; अर्द्धांगमें मानवदेह और दूसरे अर्द्धांगमें अश्वदेह-धारी कल्पित जीव, नराश्व, ग्रीक पौराणिक प्राणी (जिसका शरीर घोड़ेका और गर्दनकी जगह आदमीका ऊपरी धड़ होता है); संकरज, दुमेला, दो नसली, दोगला (वस्तु या व्यक्ति); घुड़सवार, शहसवार।
centauress n. नराश्विका दे० CENTAUR भी।
centaury n. विभिन्न प्रकारके पौधोंका नाम।
centavo n. छोटा सिक्का (स्पेन, पुर्तगाल आदिमें)।
centenarian n. & a. शतवर्षवयस्क (व्यक्ति), शतवर्षीय, सौ सालका (व्यक्ति)।
centenary १. n. शताब्दी, शती, सौ वर्ष, शताब्दीके किसी स्थानसे अवकलित सौ वर्षकी अवधि; शताब्दि-महोत्सव, जन्मशताब्दी, जन्मशती; २. a. शताब्दीय, शतवर्षीय।
centennial n. & a. शताब्दजीवी, शतजीवी, शतवर्षीय, शताब्दिक, शतवार्षिक, शताब्दका सम्बन्ध रखनेवाला; शती (सम्बन्धी), जन्मशती (का)।
center n. & v.t. & i. केन्द्र; केन्द्रण करना; केन्द्र होना।
centering n. केन्द्रण।
centesimal a. शततम, शततमांश, शतांशिक, सौवाँ (भाग)।
centesimally adv. शतांशिकतया, सौवें हिस्सेको लेकर।
centiare n. एक क्षेत्रफल-माप = १५० वर्ग इंच।
centigrade a. शतांशविभक्त, शतिक, जिसमें सौ अंश हों (सेल्सियसका थर्मामीटर 0° हिमांक और १०° बुदबुदांकवाला), सेण्टीग्रेड; ~ thermometer शतिक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

तापमान।

centigram(me) n. शति-धान्य, एक ग्रामका सौवाँ भाग = ०·१५४३२ ग्रेन।

centillion n. एक अरब, १,०००,०००,०००।

centime n. फ्रैंक-नामक सिक्केका सौवाँ भाग, फ्रैंक-शतांश।

centimetre n. शतिमान, मीटरका सौवाँ भाग, ०.३९३७ इंच।

centipede n. शतपदी, छिक्कनी, कनखूजरा, गोजर।

centner n. एक हण्ड्रेडवेटके बराबर एक जर्मन तौल, सेण्टनर।

cento n. *(pl. ~os)* संकलित पुस्तक, अन्य लेखकोंकी रचनाओंके उद्धृत अंशों या टुकड़ोंसे निर्मित रचना या पुस्तक।

central a. केन्द्रभूत, केन्द्रगत, केन्द्रीय, मध्यवर्ती; अग्रणी, सर्वप्रमुख, प्रधान, प्रमुख, मुख्य; C~ Empires, Powers (इति०) जर्मनी और आस्ट्रिया-हंगरी; ~ heating केन्द्रीय तापन, केन्द्रीय स्रोतसे नल द्वारा प्राप्त वाष्प या ऊष्ण जलसे किसी भवनको गरम रखनेका ढंग।

centralism, centralist a. केन्द्रीयशासनवाद या केन्द्रीयकरणनीति, केन्द्रीयशासनवादी या केन्द्रीयकरणकी नीतिका समर्थक।

centrality n. केन्द्रीयता।

centralization n. केन्द्रीयकरण, केन्द्रीयता, केन्द्रस्थता।

centralize v.t. & i. केन्द्रीयकरण करना, केन्द्रस्थ करना, केन्द्रस्थ होना, केन्द्रित करना, केन्द्रीय शासनके अधीन करना; (राज्यादिको) इस व्यवस्थाके अन्तर्गत करना।

centrally adv. केन्द्रगत, केन्द्रमें, बीचोंबीच।

centralness n. केन्द्रीयता, केन्द्रस्थिति।

centre[1] १. n. केन्द्र, मध्य स्थल, मध्य बिन्दु; संतुलन बिन्दु, धुरी (खराद आदिमें गतिशील वस्तुको स्थित रखनेवाले बिन्दु); चाँदमारीका केन्द्र; (सेना०) सेनामुख, मुख्य सेना, अग्रभाग तथा पार्श्व सेनाओंके मध्यकी सेना; मध्य, (वह जिसके चतुर्दिक और वस्तुएँ एकत्र हों); (फीनियन आदि क्रान्तिकारियोंके) नेता, संघटनकर्त्ता, लीडर; (स्था०) गुम्बद या मेहराब बनानेके लिए लकड़ीका ढाँचा, गिर्दा; (फुटबॉल, हॉकी) अगली पंक्तिके बीचका खिलाड़ी (*~forward* भी), बगलसे केन्द्रकी ओर गेंदको पैरों या हॉकीसे बढ़ानेवाला; २. a. केन्द्रीय, केन्द्रस्थ; ~-bit छेद करनेवाला बरमा, विलायती बरमा; ~-board नावमें हवा-ओट तख्ता; ~most केन्द्रनिकटवर्ती; ~ of attraction गुरुत्वाकर्षण, (ला०) आकर्षणकेन्द्र; ~ of gravity गुरुत्वकेन्द्र, भारकेन्द्र; ~-piece मेज आदिके बीचकी सज्जा; ~-rail बीचकी पटरी (जो दो पटरियोंके बीचमें डाली जाय जिससे पहाड़ी रेलोंका दाँतेदार पहिया चल सके); ~-second(s) घड़ीमें सेकेण्डकी सुई; left-~, left वामपन्थी, क्रमसे उग्र मत; *right-~, right* दक्षिणपन्थी, क्रमसे प्रतिक्रियावादी; the C~ मध्यमवादी, मध्य विचारवाला।

centre[2]**, center** v.t. & i. केन्द्रीभूत करना या होना, केन्द्रित होना या करना, एकीभूत करना या होना, एकत्र करना या होना, केन्द्रके चतुर्दिक् या केन्द्रके समीप एकत्र होना; केन्द्र मालूम करना; केन्द्रका निशान डालना; (हॉकी, फुटबॉल) पैर या हॉकीसे गेंदको पार्श्वसे केन्द्रकी ओर मारना।

cent(e)ring n. मेहराब, गुम्बद आदि बनानेके लिए अस्थायी ढाँचा, गिर्दा।

centreless a. केन्द्ररहित, बिना केन्द्रका; बिना हवा-ओट तख्तेवाली (नाव)।

centric, (-al) aa. केन्द्रीय, केन्द्रस्थ, मध्यवर्ती, मध्यका।

centricity n. केन्द्रस्थिति, मध्यस्थिति।

centrifugal a. अपकेन्द्र, केन्द्रापग, केन्द्रापसारी, केन्द्रविमुख, केन्द्रसे हटने या हट जानेवाली; ~ force केन्द्रापसारी बल (वह बल जिससे किसी केन्द्रपर घूमनेवाली वस्तु केन्द्रसे दूर होती जाय); ~ inflorescence (वन०) केन्द्रापसारी पुष्प, पौधा (जिसमें ऊपर चोटीके फूल पहले विकसित हों और बीचवाले पीछे यहाँतक कि जड़वाले सबसे पीछे खिलें)।

centrifugally adv. केन्द्रापसारतया।

centrifuge n. मथित्र, मथानी (एक मशीन)।

centring n. दे० CENTERING.

centripetal a. अभिकेन्द्र, केन्द्राभिग, केन्द्राभिसारी, केन्द्राभिमुख, केन्द्रकी ओर ले जानेवाला; ~ force केन्द्राभिसारी शक्ति या बल; ~ inflorescence (वन०) केन्द्राभिमुखी पुष्प, नीचेसे ऊपरकी ओर विकास।

centripetally adv. केन्द्राभिसारी ढंगपर।

centrobaric a. गुरुत्वकेन्द्रीय, केन्द्र-बिन्दुसे सम्बन्धित।

centrode n. केन्द्रपथ।

centroid n. प्रकेन्द्र, केन्द्र बिन्दु; केन्द्रीय स्थिति।

centrum n. (श०र०शा०) केन्द्र; भूकम्प-केन्द्र या मूल।

centumvir n. व्यवहार-वाद-न्यायाधीश, जज (रोमन)।

centuple १. n. & a. शतगुणविशिष्ट, सौगुना; २. v.t. शतगुणविशिष्ट करना, सौगुना करना।

centuplicate १. n. & a. सौ अनुलिपियोंवाला; २. v.t. शतगुण करना, सौ अनुलिपियाँ लेना या करना।

centurion n. शतसेनानायक, (रोमकी सेनाका) शतपति, सौ सैनिकोंका कमाण्डर।

century n. शताब्दी, शती, शतक, सदी, किसी युगसे १०० वर्षकी अवधि, ईसवी सदी *(first ~)*; शताब्द, सौ वर्ष, कोई भी सौ साल; किसी चीजकी शती; (रोम इति०) सौ सैनिकोंका दस्ता; मतदानके लिए राजनीतिक विभाग।

ceorl n. स्वतन्त्र सामन्त (ऐंग्लो-सैक्सन समयका)।

cephalagic a. & n. (चिकित्सा०) शिरोपीडा-सम्बन्धी, शिरोपीडौषधि।

cephalic १. a. शैर्ष, शीर्ष, कापालिक, कपालसम्बन्धी, कपाल या सिरमें; २. n. सिर-पीड़ाकी ओषधि।

cephalitis n. शीर्ष-शोथ, दिमागकी सूजन।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

cephalopod n. कपालपाद, सिरपर पैरवाले जीव (जैसे घोंघा), सेफैलोपॉड ।

cephalothoros n. (श०र०शा०) शीर्षोरस, सिर और छातीकी हड्डीका एक साथ जुटा होना ।

cephalotomy n. (श०र०शा०) शिरोविच्छेदन ।

cephalous a. शीर्ष, सिरवाला; brachy ~ लघु-कपाल, छोटे सिरवाला ।

ceraceous a. सिक्थवत्, मोम-सा; आशुक्रोधी ।

ceramic, k~, a. मृच्छिल्प-, मृण्मयपात्र-सम्बन्धी, कुम्भकारकला-सम्बन्धी, कुम्हार-सम्बन्धी, मिट्टीके बर्तन बनानेकी कलाका ।

ceramics n. मृच्छिल्प, कुम्भकारकला, कुम्हारी, मट्टीके बर्तन बनानेकी कला ।

ceramist n. कुम्भकार, कुम्हार, चीनीके बर्तन बनानेवाला ।

cerargyrite n. रजतनीरेयिज, एक खास किस्मकी धातु ।

cerastes n. (दक्षिणी अफ्रीकाका) शृंगी सर्प ।

cerastium n. शृंगकी, एक सफेद या धूमिल पत्तियों-वाली झाड़ी, सिरैस्टियम ।

cerate n. सिक्थ या मोमका मरहम ।

cerated a. सिक्थावृत, मोमसे ढँका हुआ ।

ceratitis n. अक्षिशोथ, पुतलीमें सूजनका रोग ।

ceratoid a. शृंगिक, सींगवाला ।

Cerberean a. 'सेरबीरस' नामक पौराणिक कुत्तेसे सम्बन्धित, सेरबीरसी ।

Cerberus n. (पुराण) नरक-द्वारका प्रहरी तीन सिरका कुत्ता; (कुत्ते, अधिकारी आदिको सन्तुष्ट करनेके लिए कुछ) हड्डी, उपहार, घूस; *sop to* ~ कुत्तेको टुकड़ा डालना ।

cere n. मेदुर, सैक्थ्य, मोमझिल्ली, (कुछ चिड़ियोंकी चोंचके नीचेकी) मोम-जैसी झिल्ली ।

cereal १. n. (प्रायः बहु०) धान्य, अन्न, अनाज, गल्ला; (गेहूँ, मकई या अन्य अनाजकी बनी हुई) खाद्य वस्तु ○ (प्रायः जलपान, कलेवा या नाश्ताके लिए); २. a. अनाजसम्बन्धी, अन्न या अनाज या गल्लेका; ~ crop, ~ diet, ~ foodgrains, ~ products, ~ ration, ~ requirements.

cerealin n. (रसा०) धान्यरस ।

cereals n. (pl.) खाद्यान्न, अनाज ।

cerebellar a. निमस्तिष्कीय, मस्तिष्कके अग्रभागसे सम्बन्धित, मूर्धन्य, निमस्तिष्क-सम्बन्धी ।

cerebellum n. निमस्तिष्क, मूर्धा ।

cerebral a. निमस्तिष्क-, मास्तिष्क, मूर्धाका, मस्तिष्क-सम्बन्धी; ~ letter मूर्धन्य अक्षर; ~ hemisphere निमस्तिष्क-गोलार्द्ध, दिमागकी आधी गोलाई ।

cerebralism n. मस्तिष्कवाद ।

cerebration n. मस्तिष्कक्रिया; unconscious ~ अचेतन मस्तिष्ककी क्रिया (द्वारा ऐसे परिणाम जो सचेत विचारके बिना ही प्राप्त हों) ।

cerebric a. दे० CEREBRAL.

cerebriform a. मस्तिष्काकार, मस्तिष्क-सदृश ।

cerebro-spinal n. मास्तिष्क सौषुम्निक (मस्तुलुंग सौषुम्निक ज्वर जिसमें चित्तियाँ पड़ जाती हैं); ~ fever मस्तिष्क झिल्ली-प्रदाह; ~ meningitis दिमागके पास रीढ़की सूजन; मस्तिष्क-मेरुच्छदकोप ।

cerebrum n. निमस्तिष्क, बृहत् मस्तिष्क, उत्तर मस्तिष्क, मूर्धा, मस्तिष्क, मस्तुलुंग ।

cerecloth n. मोमजामा, मोमी कपड़ा ।

cerement n. मोमी कपड़ा; कफन ।

ceremonial १. n. रूढ़िपालन; शिष्टाचार, समयोचित सभ्य आचरण, प्रथा, रीति, चाल; कर्मकाण्ड या संस्कारकी पुस्तक (रोमन कैथॉलिक चर्च भी) २. a. शिष्टाचारयुक्त, विधिवत्; समारम्भ-सम्बन्धी, समारोह-सम्बन्धी, रीतिबद्ध ।

ceremonialism n. शिष्टाचारवाद, प्रथावाद, रीति-बन्धन ।

ceremonialist n. शिष्टाचारपरायण, विधिपालक, प्रथावादी ।

ceremonially adv. रीत्यनुसार, यथारीति, विधि-पूर्वक ।

ceremonious a. संस्कारात्मक, आचारात्मक, शिष्टा-चारी, व्यावहारिक, प्रथानुयायी, अत्यादरयुक्त, सौजन्य या शिष्टाचार या संस्कारसे युक्त, अतिसभ्य ।

ceremoniously adv. सप्रश्रय, परमादरपूर्वक, सौजन्यसे, शिष्टाचारपूर्वक ।

ceremoniousness n. अतिप्रश्रय, अतिसौजन्य, परमादर ।

ceremony n. समारम्भ, समारोह, अनुष्ठान, संस्कार, धार्मिक रीति, विधि; राज-व्यवहार, आचार-विधि, नियम; रूढ़ि, प्रथा, चलन, चलावा; सौजन्य, सदाचार, शिष्टाचार, सभ्य रीति; प्रदर्शन, दिखावा; नियमानुसार आचरण, यथोचित व्यवहार; Master of the C~ies शिष्टा-चार-निरीक्षक; *stand upon* ~ शिष्टाचार या प्रथाका पालन करना; *without* ~ सादगीसे ।

cereous a. सिक्थसम्बन्धी, सिक्थतुल्य, मोम जैसा ।

Ceres n. रोमकी उपजदेवी; धरती माता ।

cerge n. सिक्थ प्रदीप; गिरजेकी वेदीपर जलानेके लिए बड़ी मोमबत्ती ।

ceriferous a. सिक्थ-जन, मोम पैदा करनेवाली ।

cerin n. (रसा०) सिक्थ, मोम, कागमें पायी जानेवाली गोंद ।

ceriph n. (क्वचित्) अँग्रेजीके अक्षरोंमें ऊपर या नीचेकी नोक; SERIF ।

cerise n. & a. गुलाबी, हलका लाल रंग, खिले हुए हलके लाल रंग का ।

cerium n. सृजकम्, पुष्कला, धातुविशेष, सीरियम ।

cernuous a. (वन०) विलम्बमान, लटकता हुआ, झुकता हुआ, अवनत ।

cerographical a. सिक्थोत्किरणीय, मोमपर खुदाई करनेकी कलासे सम्बन्धित ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

cerographist n. सिक्थोत्किरणज्ञ, मोमपर खुदाई करनेका कलाकार ।

cerography n. सिक्थोत्किरण, मोमपर खुदाई करनेकी कला ।

ceromancy n. सिक्थ-ज्यौतिष, द्रवित सिक्थ जलमें डालकर भविष्यकथन करनेकी रीति; एक प्रकारकी ओझाई (पश्चिमी देशोंमें) ।

ceroplastics n. सिक्थ-प्रतिरूपण-कला, मोमके ढाँचे बनानेकी कला ।

cert n. (ग्रा०) भावी, अवश्यम्भावी घटना या परिणाम ।

certain* a. निर्दिष्ट, निश्चित*, नियत, ध्रुव, पक्का; असंदिग्ध, दृढ़; निर्विवाद, निर्भ्रम, विश्वसनीय, अचूक; अवश्यम्भावी; कतिपय, कुछ, कोई भी, कोई, किसी (*a ~ person*); अज्ञात (*lady of a ~ age*); *for ~* विश्वस्तरूपेण, निश्चयपूर्वक ।

certainly adv. असंदिग्ध, असंशय, अवश्यमेव, अचूक; विश्वस्तरूपेण; (उत्तर देनेमें) निःसन्देह, जी, हाँ, मुझे स्वीकार है ।

certainty n. निश्चितता, निश्चयता, निश्चय, असंदिग्ध भवितव्य; सत्य, असंदिग्ध तथ्य; निरपेक्ष निश्चय, दृढ़ विश्वास; अधिकारगत वस्तु; *bet on a ~* प्रायः बेईमानीसे शर्त्त लगाना या बदना (जब परिणामका पूर्वज्ञान हो); *quit not ~ for hope* आधी छोड़ सारीको धावै, आधी रहै न सारी पावै; *to, for, a ~* सन्देहकी भावनासे मुक्त या परे ।

certes adv. (प्रा०) विश्वासपूर्वक, मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ ।

certifiable a. प्रमाण्य, (रोगी) घोषित करने योग्य ।

certificate १. n. निदर्शनपत्र, अभिज्ञान, प्रशंसापत्र, प्रमाणपत्र, सनद, सर्टिफिकेट; (किसी कम्पनीका हिस्सेदार होनेका) हिस्सानामा; २. v.t. अनुमतिपत्र देना, प्रमाणपत्र देना; bankrupt's ~ दिवालियेका प्रमाणपत्र (यह प्रमाणपत्र कि अमुक दिवालियेने कानूनी शर्त्तें पूरी कर दी हैं और अब वह दुबारा कारोबार आरम्भ कर सकता है); ~ of grant अनुदान-पत्र ।

certification n. प्रमाणीकरण ।

certified a. प्रमाणित, अनुमत; ~ milk (यक्ष्माकीटाणु-रहित) प्रमाणित दुग्ध ।

certifier n. प्रमाणित करनेवाला ।

certify v.t. नियमानुसार प्रमाणित करना, विज्ञापित करना, प्रमाणपत्र द्वारा घोषित करना; निश्चय कराना, विश्वास दिलाना; (डॉक्टरका) साधिकार (व्यक्तिको) रोगी या पागल घोषित करना ।

certiorari n. उत्प्रेषण-लेख, छोटे न्यायालयसे बड़े न्यायालयमें मुकदमा मँगानेका आदेश ।

certitude n. निश्चितता, विश्वास, दृढ़ निश्चय ।

cerulean a. आकाशी, गहरा आसमानी, गहरे नीले रंगका ।

cerumen n. कानका खूँट ।

ceruse n. (*white ~* भी) सफेदा, बना हुआ सुगन्धित लेप, सीसेके कार्बोनेट और हाइड्रेटसे बना हुआ एक सफेद मसाला (जिसे अंगरागके रूपमें व्यवहृत करते हैं) ।

cervical a. (शा० र० शा०) आनुग्रीविक, ग्रैविक, ग्रैवेय, ग्रैव, ग्रैवपृष्ठ, गर्दनका ।

cervine a. हरिण-सम्बन्धी, हिरनके समान ।

cespitose a. दूर्भकवत्; गुच्छों, जड़ों और तिनकोंवाला; जटावाला, जटाधारी ।

cess n. राजस्व, शुल्क, उपकर, कर, चुंगी, महसूल, टैक्स ।

cessation n. निवृत्ति, समाप्ति; विश्राम, विराम, ठहराव ।

cession n. अभ्यर्पण, प्रत्यर्पण, समर्पण, स्वत्वत्याग, त्याग, सिपुर्दगी (अधिकार, सम्पत्तिकी) ।

cessionery n. अभिहस्तांकिती; समनुदेशिती, सुपुर्द-दार ।

cesspool n. उच्चारकूप, गूथकूप, पाखानेकी मोरी; मैला रखने या डालनेकी जगह, हौदी, हौज ।

cestus n. वैवाहिक कटिबन्ध, रतिदेवीका कटिबन्ध, मेखला; रोमके मुक्केबाजोंका बैलके चमड़ेका दस्ताना ।

cetacean n. & a. तिमि, ह्वेलसदृश स्तनपायी समुद्री जीव (सम्बन्धी) ।

cetaceous a. ह्वेलमछली आदि सम्बन्धी ।

ceterach n. एक फर्न घास ।

cetology n. तिमि-विज्ञान, ह्वेल मछली इत्यादिके बारेका विज्ञान ।

cetyl n. तिमिल, एक प्रकारका मोम ।

chablis n. एक प्रकारकी श्वेत फ्रांसीसी शराब, शाबलीस ।

chaco n. SHAKO.

chaconne n. नृत्य, नृत्यगीत (स्पेनमें, एक विशेष प्रकारका) ।

chadband n. पाखण्डी, चिकना, मीठी छुरी ।

chafe १. n. रोष, क्रोध, खीझ, तीहा; घर्षणजन्य घाव, छिलन, घिस्सा; घर्षण, रगड़; २. v.t. & i. क्रुद्ध या कुपित करना, क्रोधान्वित होना या करना, रुष्ट करना या होना, खिझाना या खीझना, नाराज होना, तीहामें आना या तीहा दिलाना; दाँत कटकटाना, लाल पीला होना, क्रोधसे ओठ काटना; घर्षण द्वारा उत्तप्त करना, मलकर गरमी पहुँचाना, मलना; खुजलाना, रगड़ना, घिसना; मलनेसे शरीरका छिल जाना या छीलना ।

chafer[1] n. क्रोधी, खीझनेवाला; = CHAFING-DISH.

chafer[2] n. एक गुबरैला, कीटविशेष ।

chaff १. n. तुष, बुस, भूसी, छिलका, छानस, छाटन, चोकर; कटी हुई घास या चरी; घास-फूस, मिट्टी; कोंपल, दल; नकली चीज़; २. v.t. तुषमिश्रण करना, भूसा मिलाना; काटना (घास, चरी आदि); ~-cutter चारा काटनेकी मशीन; *caught with ~* आसानीसे धोखा खाने या फँस जानेवाला ।

chaffer v.t. & i. झगड़ालू आदमीकी तरह क्रय-विक्रय करना, सौदा करना, मोल-चाल करना; झगड़कर मोल लेना, कोई वस्तु खरीदनेमें झकझक या किचकिच करना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

ठगठेना करना, खरीदते समय तकरार करना; ~ *away* बेच डालना, सौदा करके देदेना, किसी शर्त्तपर देना।

chafferer n. सौदा करनेवाला।

chaffinch n. (ब्रिटेनकी) नन्दिचटक, एक प्रकारकी गानेवाली चिड़िया।

chaffing n. मोलचाल; ठगठेना, सौदा खरीदनेमें तकरार।

chaffy a. तुषमय, भूसीदार, चोकरभरा।

chafing-dish n. आग-दान, अँगीठी, काँगड़ी, गोरसी, बोरसी।

chagrin n. & v.t. असन्तोष, विरक्ति, सन्ताप, मन्यु, व्यथा, क्लेश, उद्वेग, चिड़चिड़ापन, झल, खिझाहट(से अभिभूत करना), खिझाना।

chain* १. n. निगड़, बन्धन, बेड़ी, हथकड़ी; शृंखला, साँकल, लड़ी, जंजीर*; हार, कण्ठा, गुलूबन्द, तोड़ा, घड़ीकी जंजीर, सोने या चाँदीकी करधनी; परम्परा, तार, लड़ी, सिलसिला (प्रमाण, घटना, स्तम्भ या पहाड़का); (नौवि०) पालको सँभालनेका बन्धन; रस्सियोंके बन्धनकी दृढ़ तख्ती; जरीब, धातुकी ६६ फुटोंकी नाप; (~-shot भी) जंजीरी, जंजीरगोला, दो पूरे गोले या अर्द्धगोले (जिन्हें इस प्रकार जंजीरसे बाँध दिया जाय कि पाल आदि काट सकें); २. v.t. बेड़ी डालना, हथकड़ी डालना, बन्दी बनाना, दास बनाना; जंजीरसे बाँधना; ~ armour, mail जिरह बख्तर, कड़ियों या कुन्दोंका बना हुआ कवच (वर्म); ~ bridge जंजीरी पुल, झूलेका पुल; ~ coupling जंजीरबन्द करना, (सुरक्षा आदिके निमित्त अलावा पेचबन्दोंके) रेलके डिब्बोंको जंजीरसे मिलाना; ~-letter पाये हुए पत्रकी प्रतिलिपि-शृंखला (जो आगे चलती रहे); ~-moulding जंजीर बनाना(स्था०); ~-plate (नौवि०) तख्तीके नीचेका बन्धन; ~-store ⊙ विपणि-शृंखला, एक ही दुकानदारकी एक ही प्रकारकी कई दुकानें; ~-wheel दन्तुरचक्र (जिसपर शृंखला चलती है), शृंखलाचक्र; ~-work शृंखला-कृति, जालीदार बुनाई; ladies' ~ एक प्रकारकी नृत्यगति (जिसमें चार जोड़ियाँ वर्गाकार नाचती हैं); the ~ पाल बाँधनेवाली रस्सियोंकी जंजीरें; the fore ~s जहाजकी अगली जंजीरें;

~ angles, ~ base, ~ coral, ~ drum balance, ~ handcuffs, ~ harrow, ~ isomerism, ~ length, ~-like, ~ line, ~man, ~ measure, ~ reaction, ~ relatives, ~ rule ~-saw movement, ~ scale, ~ stand, ~-stitch, ~ survey, ~-wale.

chainage n. शृंखला-माप; दूरी।

chainless a. स्वतन्त्र, शृंखलाहीन, बेजंजीर।

chainlet n. छोटी जंजीर।

chair १. n. आसन्दी, कुर्सी (*take a* ~); अध्यक्ष, नायक या सभापतिकी कुर्सी (किसी उत्सव, भोज आदिमें); नगराध्यक्षका पद, उच्चाधिकारीका पद, अध्यापक या प्रोफेसरका पद; (इति०) पालना, नालकी, तामजाम; (रेलवे) लोहे या फौलादका जोड़ (जिससे रेलकी पटरी अपने स्थानपर रहे); २. v.t. अधिकारी बनाना, अधिकारीका आसन देना, गद्दीपर बिठाना; (दंगल, चुनाव आदिमें जीतनेवालेको) कुर्सीपर बिठाकर कन्धोंपर उठा ले जाना, कन्धोंपर चढ़ाये फिरना, कन्धोंपर उठाना; arm-~ हत्थेदार कुर्सी; bath-~ पहियेदार कुर्सी, रोगीकी कुर्सी; ~bed बिस्तरी कुर्सी (जिसे खोलनेसे बिस्तर बन जाय); electric ~ ⊙ (अपराधीको फाँसी देनेके लिए) विद्युत्-कुर्सी; *below the* ~ मेयरके नीचे, आल्डरमैन; *leave the* ~ अधिवेशनकी कार्यवाही बन्द करना, सभापतिका आसन छोड़ देना; *past or above the C*~ जो मेयर रह चुका हो; *take the* ~ सभा प्रारम्भ करना, सभापतिका आसन ग्रहण करना।

chairman n. (pl. ~*men*; fem. ~*woman*) अध्यक्ष, सभापति, प्राध्यक्ष, प्रधान, संचालक, प्रबन्धक, चेयरमैन; रोगीकी कुर्सीका रक्षक, रोगियोंकी कुर्सी रखनेवाला; (इति०) नालकी-बरदार, नालकी ढोनेवाला।

chairmanship n. अध्यक्षता, सभापतित्व, चेयरमैनका पद।

chaise n. विभिन्न प्रकारकी सैर या सवारीकी गाड़ी, शेज-गाड़ी; post-~ डाकगाड़ी; ~ lounge सुखासन अथवा तल्प।

chalaza n. (वन०)निभाग, (जीव०) कुन्तलिका, अण्डेमें एक प्रकारका चक्कर।

chalcedony, cal-, n. श्वेतवर्ण स्फटिक, बिल्लौरकी तरहका एक मूल्यवान् पत्थर, कैलसिडनाइम, कैलसिडानी पत्थर।

chalcedonyx n. पाल्यइम, गोमेद, अकीक।

chalcid n. भुजतन्तु, एक कीड़ा।

chalcography n. ताम्रचित्रण-कला; पित्तल-चित्रण-कला।

Chaldaic a. & n. कैलडिया (बाबुल)का (निवासी), कैलडिया(की) भाषा, कलदानी।

Chaldean, Chaldee n. & a. बेबिलोन या कैलडियाका निवासी, बाबुल या कलदानका निवासी; भविष्यवक्ता, ज्योतिषी।

chaldron n. कोयलेकी नाप (३६ बुशलकी)।

chalet n. सार्वजनिक शौचालय, बमपुलिस; स्वीजरलैण्डके किसानका लकड़ीका घर; इस ढंगका बँगला; स्वीजरलैण्डमें पहाड़ी दुग्धशाला या डेरी, शैले।

chalice n. चषक, पानपात्र, कंस, कटोरा, प्याला, जाम; ईसाईधर्म-संस्कारका चषक, मधुपात्र; (का०) फूलका कटोरा; *mixed* ~ उत्सवके समयका पानी मिला शराबसे भरा प्याला।

chaliced a. चषकमय, कटोरीदार (फूल)।

chalk[1]* n. गोपीचन्दन,शुक्लशिला-धातु, कठिनी, खटी, खटिका, खरियामिट्टी, रामखली, खड़िया*, छूही, चाक; ~-bed खड़ियाकी तह; ~-pit खटी-गर्त, खड़ियाकी खान; ~-stone हाथ-पैरके जोड़ोंकी स्नायुओंमें गठियाके कारण पड़नेवाली गाँठ; *as like as* ~ *and cheese*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

मूलतः भिन्न, बिलकुल भिन्न, अलग-अलग; *by a long ~, by long ~s* अत्यधिक, बहुत अधिक; ~ crayon, ~ dust, ~-formation, ~ lime, ~ mixture, ~ quarry, ~-stick, ~-work.

chalk[2] v.t. उद्रेखण करना, खड़ियासे चिह्न लगाना, रगड़ना, लिखना, खरियासे मलना; ~ *out* निर्देश करना; रेखाचित्र बनाना, रूपरेखा तैयार करना, योजना करना या बनाना, राह निकालना, डौल डालना, बाँधनू बाँधना, खाका बनाना; ~ *up* श्रेय लेना या देना।

chalkiness n. खटीपूर्णता; धौलापन, सफेदी।

chalky a. खटीसदृश, खटीमय, खटीयुक्त, खड़ियापूर्ण, खड़ियाके समान, खड़ियावाला, खड़िया जैसा धौला, सफेद।

challan n. चालान, प्रेषण, अभियोगारम्भ।

challenge[1] n. उपाह्वान, चुनौती, ललकार, टोक; (*sentry's* ~) पहरेदार या सन्तरीकी ललकार; मुकदमेमें बुलावा या लड़ाईकी ललकार; (कानून) आपत्ति, इनकार, उज्र, एतराज।

challenge[2] v.t. द्वन्द्वयुद्ध या लड़ाईका आह्वान करना, चुनौती देना, दावा करना; ललकारना, टोकना (सन्तरीका और ला०); (कानून) अस्वीकार करना, आपत्ति उठाना, इनकार करना, उज्र करना, एतराज करना; प्रशंसा या ध्यानका अधिकारी होना।

challengeable a. आपत्तिके योग्य।

challenger n. आह्वान करनेवाला, चुनौती देनेवाला।

challis n. दुकूल अथवा ऊर्ण-वसन, एक रेशमी महीन कपड़ा।

chalone n. (वृद्धि-रोधी) आभ्यन्तरिक स्राव, आन्तरिक वीर्यपात।

chalumeau n. अविपाल-वंशिका, गड़रिएकी बाँसुरी।

chalybeate a. अयोलवणित, अयस्स्वाद, लौहघटित, लौहयुक्त, लौहमिश्रित, (तरल पदार्थ) लोहामेल, लोहा मिला (पानी)।

chalybite n. प्रांगारायस्, कोयलेके अंश सहित कच्चा लोहा।

cham n. Great ~ निरंकुश व्यक्ति (प्रभावशाली या दबदबेवाला या छाया हुआ आलोचक आदि); खाँ।

chamade n. सन्धि-याचना, ढोल आदि बजाकर शत्रुको सन्धि करनेके लिए बुलाना।

chamber n. वेश्म, सदन, मण्डल; कक्ष, कमरा, कोठरी (का० या प्रा०); (pl.) सभा-भवन, संसद् भवन; बड़े भवनोंमें कमरोंकी माला; न्यायाधीशका निजी कमरा; न्यायगृह, जज या बैरिस्टरोंके बड़े कमरे; (प्राणियों, पौधों या मशीनोंके भीतरी) कोष्ठ, छिद्र, घर, खाना; ~ counsel घरपर ही कानूनी सलाह देनेवाला वकील (जो वकालत न करता हो); ~-maid ⊙ सरायकी नौकरानी, निजी लौण्डी; C~ of Agriculture ~ कृषि-समिति; ~-pot मूत्रका बर्तन, पेशाबदान; ~ hanging वेश्म-वसन, परदा; ~ practice वेश्म-विधिवृत्ति, गुप्त वकालत; ~ acid, ~ business, ~ crystals, ~ filaments, ~-like.

chambered a. कोष्ठयुत, खानादार।

chamberer n. स्वच्छन्द, शूर-वीर।

chamberlain n. गृहाध्यक्ष, राजभवनका महाप्रतिहार, प्रबन्धकर्त्ता या किसी समृद्ध व्यक्तिका गृहप्रबन्धक; कंचुकी; *Lord C~ of the Household* राजभवनका प्रबन्धक और नाट्य-प्रदर्शनोंके लिए अनुज्ञा-दाता; *Lord Great C~ of England* इंग्लैण्डका पितृपरम्परागत सबसे बड़ा सामन्त, सरदार।

chamberlainship n. महाप्रतिहारत्व।

chameleon n. कृकलास, सरट, गिरगिट; अस्थिरचित्त व्यक्ति, चलचित्त व्यक्ति, गिरगिटी मनुष्य।

chameleonic a. गिरगिट-सा, चंचल।

chameleon-like a. गिरगिटस्वभाव, चंचल, गिरगिटके समान, गिरगिट जैसा।

chamfer १. n. अपकोण, ढालू कोर, गोला, सलामी (किनारा); झरीं, नाली; मुरली, बाँसुरी; २. v.t. कोर मारना, खड़े किनारे या कोनेको ढलवाँ बनाना, सलामी किनारा बनाना; hollow or concave ~ झरींदार या उभारदार गोला।

chamfered a. अपकोणित, ढालुवाँ बनाया हुआ, सलामीदार (किनारा), सलामी गोलेवाला; लीक या झरीं वाला, कूँड़ या हराई बनाया हुआ, जोता हुआ।

chamois n. अजमृग, हिरन, साँभर; (~-leather, shammy, shammy-leather भी) अजमृगछाला, हिरन या साँभरकी खाल।

champ n. & v.t. & i. चर्वण (करना), चपर-चपर चबाना (चारा, घास); कर्र-कर्र चबाना, चबानेका कार्य या आवाज (करना)।

champagne n. बुद्राक्षिरा, एक प्रकारकी फ्रांसीसी शराब, शैम्पेन।

champaign n. समतल देश, विस्तृत क्षेत्र, खुला मैदान।

champertor n. (कानून) जयांशक्रेता, जयांश-भागी।

champertous a. (कानून) जयांश-क्रयी।

champerty n. (कानून) जयांशक्रय, किसी मुकदमेमें एक दलको लाभकी दृष्टिसे सहायता देना (ताकि झगड़ेकी सम्पत्तिमें उसका भी हिस्सा रहे); सन्धारण।

champignon n. लघुछत्राक, छोटा-सा कुकुरमुत्ता।

champion १. n. प्रजेता, मल्ल, योधा, वीर, दूसरेके लिए विवाद या लड़ाई करनेवाला; विक्रान्ता, विजेता, सर्वजेता (कुश्ती आदिमें); (ग्रा० या बोल०) २. a. & adv. सर्वप्रथम, सर्वोत्तम; चमत्कारपूर्वक; ३. v.t. लक्ष्य या उद्देश्यकी रक्षा करना, समर्थन करना; ~ blunder बहुत बड़ी भूल; ~ idiot महामूर्ख, निरा या भरपूर मूर्ख; *king's, queen's* ~ or ~ *of England* चैम्पियन, इंग्लैण्डमें राज्याभिषेकके अवसरपर पितृ-परम्परागत एक अधिकारी।

championless a. मित्रहीन, निस्सहाय, असहाय।

championship n. प्रजेतृत्व, सर्वजेतृत्व, सर्वोपरित्व।

champleve n. आकाचन-कला, धातुमें खुदाई करके

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

उसमें चीनी मिट्टी भरनेकी कला।

chance[1]* n. आकस्मिक घटना, दैवघटना; अवसर*, मौका; सम्भाव्यता, सम्भावना (*~s are against it*); दैवयोग, संयोग*, कारण या पूर्वविचारका अभाव; भाग्य; भवितव्यता, विधि; (क्रिकेट) बल्लेबाजको बरखास्त करनेका मौका (जो किसी फील्ड्समैनको मिलता है); आकस्मिकता; दैवाधीनता; भय, खतरा, डर⊙; a ~ meeting संयोग, अकस्मिक भेंट; ~-sown tree स्वयंरुह वृक्ष; the main ~ दैवकृपा, (धनवान् होनेका) महान् अवसर; *by* ~ संयोगतः, संयोगवश, भाग्यसे; *stand a (good, fair)* ~ अधिक आशा होना, अधिक मौका होना; *take* one's ~ भाग्य परखना, किस्मत आजमाइश करना।

chance[2] v.t. & i. (प्रा०) अकस्मात् संघटित होना, घटित होना, अकस्मात् होना; (बोल०) जोखिम उठाना; ~ one's *arm* (बोल०) (सफलतापूर्वक कुछ कर गुजरनेके लिए किसीके) सुयोगका उपयोग करना; ~ *upon* संयोगवश मिलना, संयोगसे पा लेना।

chancel n. वेदी, गिरजेका वेदीवाला पूर्वीय छोर, गिरजेका मंच या कटहरा (जो पादरीके लिए सुरक्षित होता है)।

chancellery, ~ory n. दूतालयसे लग्न कार्यालय; कर्मचारी वर्ग; चान्सलर (कुलपति, सन्निधाता, राजमन्त्री, महामात्र)का पद या विभाग; सरकारी निवास।

chancellor n. कुलपति, विश्वविद्यालयका प्रधान; जर्मनी, आस्ट्रिया-हंगरी राज्यका प्रधान मन्त्री; राज्य या कानूनके विभिन्न अधिकारी (*C~ of England*); महान्यायेश, महामात्र, सर्वोच्चन्यायाधीश, प्रधान-विचारपति; C~ of bishop या diocese विशपका कानूनी अधिकारी; C~ of Duchy of Lancaster शासन सदस्य, (कानूनी तौरपर) बादशाहका प्रतिनिधि, कैबिनेटका मन्त्री (जो विभागीय कार्य करनेका अनिच्छुक हो); C~ of Exchequer राजकोष-महामात्र, अर्थमन्त्री; C~ of Garter मुद्राधिकारी; Vice-C~ उपकुलपति।

chancellorship n. कुलपतित्व, माहमात्रत्व, मन्त्रित्व।

chance-medley n. आकस्मिक कलह; (कानून) आकस्मिक घटना, आकस्मिक हत्या; असावधानी, बेखबरी।

chancery n. सार्वजनिक अधिलेखा-कार्यालय; महान्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय, प्रधान न्यायाधीशकी अदालत, हाईकोर्टका भागविशेष, महामात्रालय, *in* ~ विरोधीके बाहुपाशमें, सिर आ पड़नेकी स्थितिमें।

chancy a. विपत्संकुल, संकटपूर्ण, आपन्न, जोखिमका; अनिश्चित।

chandelier n. शाखिदीप, दीपवृक्ष, झाड़फानूस, शीशेका झाड़; दीपाधार।

chandler n. वाति-विक्रेता, अंगराग तथा मोमबत्ती, एवं तेल, साबुन बेचनेवाला; corn-~ बनिया, गल्लाफरोश; ship-~ जहाजी सामान (रस्सी पाल आदि) बेचनेवाला।

chandlery n. मोमबत्ती आदिका व्यवसाय, उपर्युक्त वस्तुओंके विक्रयका कार्य।

change[1] n. खुर्दा, रेजगारी या नोटों सिक्कोंका बदल; (सौदा लेनेके बाद) शेष दाम; अन्तर, उलट-पलट; परिवर्तन, तबदीली, रूपान्तर; बदलाव, अदला-बदली, हस्तान्तरण; हेरफेर (*for a* ~); साहुकारा, व्यापारियोंका मिलनस्थान, चेंज (*on* ~); चाँदकी गति; (प्रायः बहु०) घण्टीका बजना, घण्टी बजानेके विभिन्न प्रकार, बाज; ~ of clothes कपड़े बदलना, कपड़ोंका अतिरिक्त जोड़ा; ~-over परिवर्त्तन; *for a* ~ जलवायु परिवर्तनके उद्देश्यसे; *get no ~ out of (a person)* किसी आदमीको परास्त करनेमें असफल होना (व्यवसाय, तर्क आदिमें); *ring the ~s* (ला०) कोई यत्न उठा न रखना, सब जतन कर छोड़ना; *take* one's, *the, ~ out of* किसीसे अपना प्रतिशोध लेना।

change[2]* v.t. & i. परिवर्तित करना, परिवर्तन करना*, बदलना*, अदला-बदली करना, हेर-फेर करना; जोड़ा बदलना, पोशाक बदलना (~ one's *coat*); मालिक बदलना, एक हाथसे दूसरे हाथमें (या एकके पाससे दूसरेके पास) जाना (*thing ~s hands*); आदान-प्रदान करना, लेना-देना (*we ~d places*); भुनाना, बदलवाना (एक सिक्केको दूसरे सिक्केमें), रेजगारी बदलाना, तुड़वाना, खुर्दा करना; छुटकारा पाना, त्यागना, पीछा छुड़ाना; कला बदलना, (चाँदका), नया होना, भिन्न होना; ~ *colour* एक रंग आना एक जाना; पीला पड़ जाना, रंग फक हो जाना, चेहरेका रंग बदलना; ~ *front, point* तर्कमें स्थिति या आधार बदलना; ~ (one's) *condition* विवाह करना; ~ one's *mind* अपनी राय बदलना; ~ one's *note* or *tune* अन्यमनस्क हो जाना, ठण्डा पड़ जाना; धीमा पड़ जाना; ~ *step, foot, feet* प्रयाण या कूचके समय नगाड़ेकी चोटपर पाँव उठाना; ~ *to, into, from* परिवर्तन करना, परिवर्तित होना, बदलना, बदल देना।

changeability, changeableness nn. अनियमितता, अस्थिरता, परिवर्तनशीलता।

changeable a. परिवर्तन-सापेक्ष, परिवर्तनीय, परिवर्तनशील; अव्यवस्थित, अस्थिर, अनियमित, डिलमिल।

changeful a. चपल, चंचल; परिवर्तनशील।

changefulness n. परिवर्तनशीलता, अस्थिरता।

changeless a. स्थिर, स्थायी, अपरिवर्तनशील, एकरस।

changeling n. उपकल्पित बालक, कृत-पत्र, बदला हुआ (परिवर्तित) बच्चा या चीज।

changer n. परिवर्तन करनेवाला; रेजगारीका काम करनेवाला।

changing a. परिवर्तन होनेवाला, परिवर्तनशील।

chank n. शंख, घोंघा; मछलीकी हड्डी।

channel[1] १. n. (भूगोल) कुल्या, खाड़ी, नहर; जलसंयोजक, प्रणालिका, प्रणाल, सरणि, नाली, नहर; नल, नली; मार्ग, द्वार, रास्ता, दिशा, छोर; उपकरण, माध्यम; नदीगर्भ, नदीपात्र, पाट; स्तम्भलेख; नारी, झरीं; २. v.t. नाली बनाना; नहर बनाना; ~ iron झरींदार

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

सलाख या छड़ ।

channel[2] n. (sing. or pl.) डेकका तल (*rolling ~s under*); जहाजके पार्श्वसे निकला रहनेवाला चौड़ा मोटा तख्ता ।

channelled a. सरणिमान्, नालीदार, झरींदार ।

chanson n. गाना, गीत; गाथा ।

chant १. n. राग, गीत, गाना; (संगीत) गिरजा-संगीतकी धुन, गीतका बन्द, तर्राना; लय, गुनगुनाहट, तरन्नुम; २. v.t. & i. गान करना, गाना, गुनगुनाना, अलापना; गान द्वारा वर्णन करना; double ~ दो बन्दका गीत; quadruple ~ चार बन्दका गीत; single ~ एक बन्दका गीत; ~ *horses* धोखा देकर बेचना; ~ *the praises of* सदा गुण गाते रहना ।

chanter n. (क्रियागत अर्थोंमें); कलावन्त, गायक, गवैया; वीनवाजा; horse-~ घोड़ा बेचनेवाला ठग ।

chanticleer n. ताम्रचूड़, उषाकल, कुक्कुट, कुकड़ूँ-कूँ, पालतू मुर्ग, घरेलू मुर्ग, मुर्गा ।

chantransia n. (वन०) सूत्रावस्था (बीज या डिम्भकी)।

chantress n. (प्रा० या का०) गायिका ।

chantry n. पादरियोंके नाम सम्पत्ति अर्पण (जिससे वे दाताकी आत्माकी शान्तिके लिए भजन गाया करें); इस प्रकारका पुरोहित या पादरीका गिरजा; प्रार्थनामन्दिर, भजनमन्दिर, गीतमन्दिर ।

chanty, shanty n. मल्लाही, मल्लाहोंका सम्मिलित गीत, मल्लाहोंका गीत (जो बोझा उठाते समय गाते हैं) ।

chaos n. विप्लव, अस्तव्यस्तता, अव्यवस्था, आकुलता, गोलमाल, गड़बड़, गड्डमड्ड; सृष्टिके पूर्वकी विश्रृंखलता, अरूप शून्य और प्रारम्भिक प्रकृतिकी आत्यन्तिक गहराई; विप्लवकी देवी ।

chaotic a. अस्तव्यस्त, अव्यवस्थित, आकुल, गड़बड़ ।

chap[1] १. n. (प्रायः बहु०) चीर, दरार, फटाव, बिवाई; २. v.t. & i. चीरना, चिरना; चिटकना, दरकाना, दरकना, तिड़काना, तिड़कना, फटना (हवासे चमड़े, सूखी हुई जमीन आदिका) ।

chap[2], **chop** n. (बहु०) कपोल, गाल, जबड़े; (एक०) नीचेका जबड़ा या आधा गाल (*Bath ~*); ~-fallen हताश, निराश, उदास, उतरा मुँह, मुँह लटका हुआ; ~s of the channel अतलान्तिक सागरसे इंग्लिश चैनलमेंका प्रवेश; fat~s उच्छूनकपोल, गलफुला, भरे गालवाला, मोटू; *lick* one's ~s स्वादके कारण या स्वादके ध्यानसे मुँहमें पानी भर आना, होंठ या ओठ चाटना ।

chap[3] n. (बोल०) व्यक्ति, पुरुष, आदमी; छोकरा ।

chaparejos ⊙ n. pl. (मैलसे बचानेके लिए) चमड़ेका आवरण, ऊर्ध्ववस्त्र, ऊपरी कपड़ा ।

chaparral ⊙ n. छोटा सदाबहार वंजु-वृक्ष; ~-cock एक क्षिप्रगामी पक्षी, चैपरेल-कॉक ।

chap-book n. क्षुद्र-पुस्तिका, पुस्तिका, गुटका, किताबिया, जनप्रचलित पुस्तिकाएँ, कहानी, गीत, ट्रैक्ट आदि (जिन्हें फेरीवाले बेचा करते हैं) ।

chape n. मियानकी टोपी; पेटीका बन्द ।

chapeau n. टोपिका, हैट, सम्मानके लिए पहना जानेवाला एक तरहका टोप ।

chapel n. उपासना-गृह, ईसाइयोंका गिरजेके अतिरिक्त पूजा-स्थान (जो किसी संस्था या घरसे संलग्न हो), दूरवालोंके लिए छोटा गिरजा; विशाल भवनका वेदी सहित प्रार्थनास्थान; अधीनस्थ ऐंग्लिकन गिरजा; रोमन कैथॉलिक गिरजा; उपासनागृहमें उपासना या उपस्थिति; (मुद्र०) मुद्रणालय, मुद्रण-कार्यालय, मुद्रकोंकी समिति या बैठक; ~ of ease (दूरवर्ती उपासकोंकी) सुविधाके लिए निर्मित उपासना-स्थान; ~ royal राजमहलका गिरजा; Lady ~ कुमारी मरियम या मेरीके नाम समर्पित वेदिका (प्रायः ऊँची वेदी); *keep a* ~ उपदेश-स्थान या कॉलिजमें उपस्थित होना ।

chapelry n. उपासनालय-क्षेत्र, गिरजेकी अधिकृत भूमि ।

chaperon १. n. (सामाजिक अवसरोंपर किसी बालिका की) अभिभाविका या संरक्षिका (प्रौढ़ा या विवाहिता स्त्री); २. v.t. अभिभाविका या संरक्षिका होना, निगरानी करना ।

chaperonage n. अभिभावकत्व, संरक्षकत्व ।

chapiter n. (वास्तु०) स्तम्भशीर्ष, स्तम्भका मस्तक ।

chaplain n. पुरोहित, किसी बड़े आदमीके निजी उपासना गृह या जहाज या सेनाका पादरी; भिक्षुणी विहार (या ननरी)में छोटी प्रार्थनाओंका पाठ करनेवाली भिक्षुणी ।

chaplaincy, chaplainship nn. पुरोहिताई, पादरीका पद ।

chaplet n. छोटा गिरजा; मनका, सुमिरिनी, माला, कण्ठहार या कंठा (भूषण); शिरोमाल्य, पुष्प, पत्र, सुवर्ण, हीरक आदिकी माला, फूलोंका गजरा; दीवारोंमें लम्बी उभरी हुई लकीर, गोला; मेंढक आदिमें अण्डोंकी डोरी; मयूरका चूड़ा ।

chapleted a. सुमिरिनीवाला, मालाधारी; गोलेदार ।

chapman n. (pl. ~*men*) बीवधिक, बिसाती, फेरीवाला ।

chapped a. जीर्ण, फूटा हुआ, दरारदार ।

chappie, ~y n. (बोल०) रँगीला, बाँका, छैला, अल-बेला आदमी ।

chappy a. दरारदार, बिवाईवाला, चिटका हुआ, फटा हुआ ।

chapter n. परिच्छेद, प्रकरण, स्कन्ध, अध्याय, खण्ड, पुस्तकके मुख्य विभाग; (ला०) समिति-विषय, विवरण या कथा; याजक-सभा; किसी उपासना-स्थान या गिरजाघरके पादरियोंकी पूर्णसंख्या; संसद्का अधिनियम (जो प्रसंग-निर्देशार्थ अधिवेशनके व्यवस्थापित विधानके भागके रूपमें माना जाता है); ~ and verse वक्तव्य विषयका अंश स्थल और पृष्ठादि सन्दर्भसहित बतलाना, किसी दावेके लिए पूरी-पूरी सनद; वर्णनका सूक्ष्मतम विवरण देना; ~-house सभास्थान (पादरियोंका); ~ of accidents

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

आकस्मिक घटनाओंका क्रम, घटनाचक्र; *to end of* ~ सर्वदा, सदा, नित्य।

chaptrel n. डाटका शीर्ष, मेहराबके खम्भेका ऊर्ध्व भाग।

char[1] n. वेल्स आदिकी पहाड़ी ट्राउट मछली।

char[2] n. (बोल०) लौंडी, चेरी।

char[3] n. भृत्यकार्य, नौकरी, मजदूरी।

char[4] v.t. & i. आँचसे काला करना या होना, जलाना, झुलसाना, झुलसना, जलाकर कोयला बनाना या जलकर कोयला हो जाना।

char[5] v.i. भृत्यकार्य करना, नौकरी चाकरी करना।

char-a-banc(s) n. सैरगाड़ी, मोटरगाड़ी, लम्बी गाड़ी (जिसमें अनेक आसन या सीटें हों)।

character १. n. मेरुदण्ड, चारित्रिक दृढ़ता, चरित्रबल; सुख्याति, ख्याति, प्रसिद्धि; चरित्र, शील, व्यक्तिगत विशेषताओंका वर्णन; स्थिति, पद, हैसियत, दर्जा; योग्यताका प्रमाणपत्र, सिफारिशनामा; उपन्यास या नाटकके चरित्र, पात्र; सुपरिचित व्यक्ति, सुविदित व्यक्ति, प्रसिद्ध व्यक्ति, (*public* ~); अभिज्ञान, लक्षण, चिह्न; (बहु०) उत्कीर्ण या लिखित अंक, वर्ण, अक्षर; हस्तलेख, किसी व्यक्तिकी लिखावट; लिपि (*in the German* ~); प्रकृति, स्वरूप, विशेषता, विशेष गुण; व्यष्टिगत या समष्टिगत मानसिक या भौतिक वैशिष्ट्य, निरालापन; सामाजिक या सामूहिक वैचित्र्य या विभिन्नता, प्रकार, शैली; विक्षिप्त व्यक्ति, वहमी, सनकी (का० और प्रा०); २. v.t. वर्णन करना; उत्कीर्ण करना; ~ actor विक्षिप्तताका अभिनय करनेवाला पात्र; *in, out of,* ~ पात्रोचित या अपात्रोचित व्यक्तिचरित्र, अनुकूल या प्रतिकूल आचरण; *when* ~ *is lost everything is lost* चरित्र गया सब कुछ गया।

characteristic n. & a. विशेषण, विशिष्ट लिंग, विशिष्टता, स्वभाव, चिह्न, लक्षण; (गणित) पूर्णांश, लघुगणककी विशिष्ट तालिका; भेदक (पद्धति, लक्षण, विशेषता)।

characteristically adv. प्रकृत्या, स्वभावतया, विशेषतया।

characterization n. चरित्र-चित्रण।

characterize v.t. विशिष्टताका वर्णन करना, विशेषता चित्रित करना; वर्णित करना, नाम देना; विशेष गुण द्वारा वर्णन करना, चरित्र, गुण, स्वभाव, प्रकृति, विशेषणका वर्णन करना।

characterless a. चरित्रहीन; निर्विशेष, विशेषगुणहीन, सामान्य, साधारण; अप्रमाणित, प्रमाणरहित।

charade n. प्रहेलिका, शब्द-अनुमान पहेली, एक बुझौवल (जिसकी बूझ एक शब्दके बताये हुए अक्षरोंसे मिलती है)।

charcoal n. काष्ठांगार, अंगार; काठका कोयला, बुझा कोयला, लकड़ीका कोयला; कार्बनकी एक स्थिति; ~-burner कोयलागर, कोयला बनानेवाला; ~ black, ~ block, ~ borer, ~ burning, ~ dealer, ~ dust, ~ fuel, ~ iron, ~ kiln, ~-making, ~ plate, ~ powder, ~ saw, ~ wood.

chare, char n. & v. i. घर साफ करनेका काम (करना), फुटकल काम (करना), दे० CHAR[2, 3, 5]।

charge[1] n. व्यय, लागत, खर्च (*at his own* ~); अर्घ, शुल्क, मूल्य, सेवाकी वृत्ति या पारिश्रमिक या वेतन, दाम; अभिसम्पात, संघट्ट, आक्रमण, धावा, चढ़ाई (*return to* ~); आवेश; (सेना०) युद्धवाद्य, रणभेरी, मारू-बाजा; आदेश, निदेश, शासन, हिदायत; अभियोग, दोषारोप, अपराध; प्रभार, भार, बोझ; (किसी वस्तुका समुचित) माप, परिमाण (जो किसी वस्तुमें हो), निश्चित मात्रा; कारतूस, बारूद; (ला०) उत्तरदायित्व, कार्यभार; (दूतकार्य) युक्ति, कौशल, ढंग, व्यवहार; आयोग, नियोग, अधिकार, कर्त्तव्य, कार्य; अवेक्षा, रक्षण, सुप्ति; रखवाली, देखभाल, देखरेख, निगरानी (*nurse in* ~ *of child, child in* ~ *of nurse*); धरोहर, अमानत, सौंपे हुए व्यक्ति या वस्तु, पादरीकी देखरेख या निगरानीमें रहनेवाला जनसमूह या सभा; ~ sheet अधिरोप-पत्र, अपराध-पत्र, अपराधियोंकी नामावली तथा उनके अपराधोंकी अलग-अलग सूची, फर्द-जुर्म; curate in ~ उत्तरदायित्वपूर्ण अधिकारी, जिम्मेदार अफसर; *parting* ~ विदाकालका आदेश या निर्देश; *give person in* ~ किसीको पुलिसकी हिरासतमें दे देना, पुलिसके हवाले कर देना; *lay to one's* ~ दोषारोपण करना, जिम्मेदार ठहराना; *take* ~ (बोल०, वस्तुका) वशसे बाहर होना।

charge[2] v.t. & i. मूल्य माँगना, दाम लगाना, खर्च लगाना, (~ *person price for* भी); आक्रमण करना, धावा बोलना, चढ़ाई करना; हथियार डालना; अभियोग लगाना, दोषारोपण करना, दोषी ठहराना; उत्तरदायी ठहराना; जिम्मेदारी डालना; विसर्जन करना, काम सौंपना, सौंपना, हवाले करना, सिपुर्द करना; निर्देश करना, आज्ञा देना या करना, हिदायत करना; भार डालना, बोझ डालना; ठूँसना-ठाँसना, लबालब भरना, (पात्र या बर्तनको); पूरा-पूरा भरना (तोप, बन्दूक आदिका); भर देना (हवाको भापसे, पानीको रासायनिक पदार्थोंसे, संचेत्रको विद्युत्से, स्मृतिको तथ्योंसे); ~ *bayonets* (सवारोंके आक्रमणका सामना करनेके लिए) संगीनोंको तोलना; ~ *oneself with* किसी चीजको अंगीकार करना, किसी चीजका बीड़ा उठाना, अपने जिम्मे लेना।

chargeability n. दोषारोपणीयता; व्यय-योग्य स्थिति।

chargeable a. हिसाबमें गिनने योग्य, हिसाबमें चढ़ाये जाने योग्य; प्रभार्य; कीमती, महँगा; कलंकार्ह, दोषारोप्य, अभियोज्य, दोषी ठहराने योग्य; व्यय-योग्य, खर्च लगाने योग्य; तकाजा करने योग्य, जिससे तगादा (रुपयेका) किया जा सके; ~ *to the parish* पादरीके अधीन (क्षेत्र)।

chargeableness n. प्राभार्यता; दोषारोप्यत्व, आदेयता, वसूली।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

charge d'affaires n. कार्यदूत, उपराजदूत।
chargeless a. कलंकरहित; प्रभाररहित।
charger[1] n. (प्रा०) बड़ी उथली थाली।
charger[2] n. (क्रियागत अर्थोंमें) आरोप लगानेवाला आदि; (सैनिक अधिकारीका) घोड़ा; युद्धघोटक, युद्धाश्व, वाजी, जंगी घोड़ा।
chariness n. मितव्ययिता, कार्पण्य; चौकसी, सावधानी।
chariot १. n. (इति०) युद्ध-स्यन्दन, युद्धका रथ; रथ, जलूसी गाड़ी; १८वीं शतीकी चौपहिया गाड़ी; २. v.t. रथमें ले जाना, रथकी तरह ले जाना।
charioteer n. सूत, सारथी, गाड़ीवान; (ज्यो०) प्रजापति।
charism n. उपहार; दैवी शक्ति (प्रारम्भिक ईसाई साधुओंमें), योगसिद्धि।
charitable a. पूर्त, धर्मार्थ, धर्मादाय, खैराती; दीनवत्सल, दाता, दानी, दानशील; अनुकम्पारत, सदय, कृपालु, दयार्द्र, उदार, भद्र, नेकदिल।
charitableness n. परोपकार, वदान्यता, दानशीलता, धर्मार्थ; औदार्य, भद्रता, नेकदिली।
charity n. वदान्यता, दीनवत्सलता, धर्मार्थ, धर्मदान, दान, भिक्षादान, खैरात; सत्त्र, सदावर्त; क्षेत्र, अनाथालय, खैरातखाना; इस प्रकार दी हुई सहायता; मानव-प्रेम (*in, out of, ~ with*); भद्रता, कृपा, दयालुता नेकदिली (*~ begins at home*); औदार्य, सदाशयता, निष्कपटता; मुक्तता; Brother, Sister, of C~ धार्मिक दीनसहायक समितिके सदस्य, सदस्या; C~ Commission १८५३ में इंग्लैण्डमें धर्मार्थ ट्रस्टको नियन्त्रित करनेके लिए स्थापित आयोग; C~ Commissioner सत्त्रका नियामक या प्रबन्धक; *~ girl* अनाथालयमें पोषित बालिका; *~ begins at home* पहले घरमें चिराग जलाओ फिर मसजिदमें, कृपा घरसे शुरू होती है, पहले अपने पीछे पराये; *cold as ~* शुष्क-सिद्धान्ती, पूर्त शासन (जिसमें यन्त्रवत् कार्य हो); *~ school* पूर्त पाठशाला, धर्मार्थ पाठशाला।
charivari n. हड़बड़, हड़बोंग, चख-चख, गुलगपाड़ा।
charlady = CHARWOMAN.
charlatan n. & a. मिथ्या चिकित्सक, छद्मवैद्य, नीम हकीम, छोटा चिकित्सक या वैद्य; प्रतारक, वंचक, मायावी, छली, दम्भी, पण्डितम्मन्य, धूर्त, ढोंगी।
charlatanic a. नीमहकीमीवाला, अर्द्धचिकित्सकीय; वंचनात्मक।
charlatanish a. कपटी, छली।
charlatanism, charlatanry nn. नीमहकीमी; प्रतारणा, वंचना, छल, माया, कपट-व्यवहार, कपट-चतुराई।
Charles's Wain n. हल, सप्तर्षिमण्डल, सप्तर्षि।
Charleston n. जानुनृत्य, एक अमरीकी नृत्य-विशेष।
Charley n. (प्रा०) नैश प्रहरी, रातका पहरेदार।
charlock n. सर्षप, सरसों, राई; जंगली सरसों।
charlotte n. पकायी हुई सेबकी मिठाई (जिसपर रोटी, बिस्कुट, स्पंज केक या रोटीके टुकड़ोंके भुर्रे जम गये हों); *~ russe* अण्डा और खाँड़ या मलाई (जो स्पंजकेकमें भरी होती है), स्पंज केक।
charm[1] n. चित्ताकर्षकत्व, आकर्षण, मनोहरता, मनोरमत्व; श्री, कान्ति, शोभा, मनोज्ञता; इन्द्रजाल, मन्त्र, जादू, टोना, टोटका, मूठ; रक्षासूत्र, गण्डा, ताबीज, जन्तर; घड़ीकी जंजीरका संपुट।
charm[2] v.t. लुब्ध करना, मुग्ध करना, मोहना; तुष्ट करना, हर्षित करना, आनन्द देना; अमंगल निवारण करना; वशीभूत करना या मन्त्र, माया, इन्द्रजाल, जादू, रूप आदिसे मोहना, जादू चलाना या फेंकना, जादू या मन्तर फूँकना, मन्तर पढ़ना, जन्तर-मन्तर करना; जादूकी ताकत पैदा करना; *~ asleep* जादूसे सुला देना मन्त्रसे सुलाया हुआ; *~ away* जादूके जोरसे दूर करना; *~ out of* (रहस्य,स्वीकृति आदि) जादूके बलसे पाना।
charmed p.p. मुग्ध, लुब्ध, प्रसन्न; जादूमारा; *bear a ~ed life* जादूगरका जीवन बिताना (जिसपर कोई वार न चल सके)।
charmer n. (क्रियागत अर्थोंमें) विमोहक, जादूगर, मोहक, जादूवाला आदि।
charming n. चित्ताकर्षक, मोहिनी, सुहावना, मनोहारी, सुन्दर।
charnel-house n. शवास्थिशाला, शवस्थान, हड्डियों या लाशोंको रखनेके काममें आनेवाला मकान या तहखाना।
charpie n. व्रण-तूलिपट, घावपर बाँधनेकी रूईकी पट्टी।
charpoy n. 'चारपाई'का आंग्ल-रूप।
charqui n. कतला, शुष्क गो-मांस।
charred a. आदग्ध, अंगारित, जला हुआ, झुलसा हुआ।
charry a. अंगारीय, अंगारवत् या अंगारसदृश।
chart १. n. तापक्रम-सारणी, रेखाचित्र, तापक्रमका लेखाचित्र, वक्र रेखाओं द्वारा तापमान अथवा मूल्य आदिके उतार-चढ़ावको प्रकट करनेवाला चित्र; सारणी, तालिका, सूचना-पटल; मानचित्र, रेखाचित्र, नकशा; जहाजियोंका सामुद्रिक मानचित्र (जिसमें तट, चट्टान दिखलाये रहते हैं), वेलापट; १. v.t. मानचित्र बनाना, चार्ट बनाना।
chartaceous a. पत्र-तुल्य, कागजका-सा।
charter[1] n. शास, शासनपत्र, राजपत्र, (राजा या विधानसभा द्वारा प्रदत्त) अधिकारपत्र; पट्टा, हिबानामा; सुविधा, स्वीकृत या प्रदत्त अधिकार; मूल, नींव, आधार ⊙।
charter[2] v.t. सुविधा देना; अधिकार-पत्र देना, परवाना देना; सनद देना; जहाज किरायेपर देना या लेना, (साधारणतः) गाड़ी आदि भाड़ेपर करना; *~ed accountant* शासप्राप्त लेखापाल, अधिकृत गणक, राजकीय अधिकारप्राप्त गणकसंस्थाका सदस्य; *~ed libertine* निरंकुश, अधिकृत स्वेच्छाचारी।
charterer n. भाटक-ग्राही; प्रमाणपत्र देनेवाला, अधिकार-पत्र देनेवाला; जहाज किरायेपर लेनेवाला।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

charter-party n. जहाजके भाड़ाके सम्बन्धमें नियमपत्र; पोतलेख, जहाजी पट्टा, जहाजका व्यापारके लिए अस्थायी पट्टा।

chartism, ~ist nn. (इति०) अधिकारपत्रवाद, इंग्लैण्डके नैतिक-सुधार-आन्दोलन (१८३७-४८)के सिद्धान्त या अनुयायी।

chartless a. मानचित्र-रहित।

chartography n. मानचित्र रचना-कला, नक्शा बनानेकी विद्या, मान-चित्रण।

chartreuse n. कार्थूसी मठ या विहार; कार्थूसी (फ्रांसीसी) शराब (*green, yellow,* ~); सेबी रंग।

chartulary n. दे० CARTULARY.

charwoman n. अमानी काम करनेवाली चेरी, दिन-दिनकी नौकरानी, मजदूरीकी नौकरानी।

chary a. सतर्क, सावधान, चौकस, खबरदार, होशियार, फूँक-फूँककर कदम रखनेवाला; कृपण, मितव्ययी, अमुक्त-हस्त, कंजूस (~ *of praise*)।

chase[1] n. अनुसरण, अनुधावन, अनुगमन, पीछा (*in ~ of*); मृगया, शिकार; आखेटका जन्तु या अनुधावित पोत या जहाज; (टेनिस) टेनिसके खेलका एक हाथ; (इति०) ~, ~-port, ~-gun पीछा करनेमें या किये जानेमें उपयोगी शराब, बन्दूक; bow-~, stern-~ धनुष द्वारा या पीछेसे शिकार; the ~ शिकारबाजी; *give* ~ रगेदना, पीछा करना; *in ~ of* पीछा करते हुए।

chase[2] v.t. अनुसरण करना, पीछा करना, रगेदना, खदेड़ना; निकालना; ~ *from* पीछा करके निकाल देना; ~ *out of* पीछा करके दूर कर देना; ~ *to* रगेदते हुए जाना।

chase[3] v.t. उत्कीर्ण करना, खोदना, धातुपर खोदाई या नक्काशी करना।

chase[4] n. बन्दूककी नाल या नली; नल आदि रखनेकी झरी।

chase[5] n. परिबन्ध, टाइपोंको कसनेका ढाँचा, फर्मा, चेस।

chaser १. n. शिकारी, अनुधावक; २. v.t. (बोल०) खालिस शराब पीनेके बाद थोड़ा-सा पानी लेना, काफीके बाद शराब लेना।

chasing n. उत्कीर्णन-कला, खुदाईकी कला।

chasm n. शून्य, खाली जगह; रन्ध्र, विवर, विदार, गर्त, खाई; वैमत्य, अनैक्य, रुचिविभिन्नता, व्यक्ति या दलोंमें मतभेद।

chasmy a. (का०) गर्तमय, दरारवाला; मतभेदयुक्त।

chasse[1] n. स्खलनयुक्त नृत्य, एक नृत्य-रीति।

chasse[2] v. i. नृत्य (रीतिविशेषसे नर्त्तन) करना।

chassepot n. एक पुरानी बन्दूक (फ्रांसीसी)।

chasseur n. पैदल सेनाका मामूली सिपाही; पदाति (फ्रांसीसी)।

chassis n. (pl. वही) न्याधार, मोटरगाड़ी या तोपगाड़ी आदिकी पीठिका, गाड़ीका नीचेका ढाँचा।

chaste a. साध्वी, पतिव्रता, सती; ब्रह्मचारी, ब्रह्मचारिणी, क्वाँरी; प्रांजल, संयत, निरलंकृत, व्यक्त, साधारण (शैली)।

chasten v.t. संयमन करना, संयत करना, इन्द्रिय-निग्रह करना, शान्त करना; अनुशासित करना, दण्डपूर्वक सुधारना (ईश्वर या प्रकृति आदि द्वारा या दुःख आदि देकर); परिमार्जित करना, शोधना, सुधारना, सँवारना, निखारना (शैली आदिका)।

chastener n. अनुशासक, नियन्ता, सुधारक।

chasteness n. सतीत्व, पवित्रता, पावनता, विशुद्धता।

chastisable a. दण्ड-शोधनीय, सजा देकर सुधारने लायक।

chastise v.t. हवा बिगाड़ देना, धुर्रे बिगाड़ना, पीटना, ठोंकना, धुनना, मरम्मत करना; दण्ड देना, सजा देना; दण्ड-शोधन करना, सीधा करना।

chastisement n. दण्डदान, ताड़न, ठोंक-पीट, मार, सजा; शासन।

chastiser n. दण्डधारी, ताड़क, दण्ड देनेवाला।

chastity n. कौमार्य, कुआँरपन; सतीत्व, पातिव्रत्य, जितेन्द्रियता, चारित्र्य, दैहिक विशुद्धता, अनाडम्बरता, शुचिता, साधुता शैलीकी विशुद्धि, सादगी।

chasuble n. Mass या Eucharist के उत्सवमें भाग लेनेवालोंका बिना बाँहका परिधान, चैसूबिल।

chat[1] १. n. आलाप, गल्प, गप, बातचीत; २. v. i. गपशप उड़ाना, (घुलमिलकर) बात करना।

chat[2] n. चटक, चिड़ियोंका प्रकार।

chateau n. (pl. ~*x*) ग्रामनिवास; दुर्ग, कोट, जागीरदारोंकी गढ़ी, महल, किला; अट्टालिका; किसी गढ़ीके निकट निर्मित होनेवाली शराबें।

chatelaine n. दुर्गस्वामिनी, कोटकी अधीश्वरी, गढ़ीकी मालकिन; आतिथेयी; मेखला, किंकिणी, तगड़ी, तागड़ी, करधनी, स्त्रीकी पेटीमें घड़ी, कुंजी, पेन्सिल आदिके लिए लगी रहनेवाली छोटी-छोटी जंजीरें।

chatoyant १. a. चंचल, अस्थिर, परिवर्तमाना (श्री) अथवा परिवर्तमान (वर्ण); २. n. एक कठोर चंचल धातु।

chattel n. (कानून, प्रायः pl.) स्थावतेय, अस्थावर द्रव्य, चल सम्पत्ति; ~ mortgage ⊙ बन्धक, गिरवी।

chatter १. n. प्रलाप, जल्पना, बकवाद, बड़बड़ाहट, गप, गप-शप, कचकचाहट, किलकिलाहट; कूजन, चहक, चहचहाहट, चड़चड़, चटचट, टीं टीं; २. v. i. प्रलाप करना, जल्पना करना, अनुचित बोलना, बकवास करना, (मनुष्यका) बकबक करना, बड़बड़ाना; (चिड़ियोंका) कूजन करना, किलकिलाना, किचमिच शब्द करना, चूँ चूँ करना, चीं चीं करना, चहचहाना; (दाँतोंका) कड़कड़ाना, डगडगाना, कटकटाना; बजना; (किसी मशीनके ढीले भागोंका) खटखट करना या होना, बजना; ~box गप्पी, बकबकी, बक्की, बातूनी, गपोड़; बातोंकी झड़ी लगानेवाला; ~ of teeth दाँतोंका कटकटाना।

chatteration n. प्रलाप, बातूनीपन, बकवास, बकबक।

chatterer n. प्रलापी, बकवादी, बकवास करनेवाला; एक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

गायक पक्षी ।
chattiness n. गपशप, गपबाज़ी ।
chatty १. n. आलाप, गल्प, गप, बातचीत; गपशप, बात; २. a. गप्पी, बातूनी ।
chaud-melle n. आवेशहत्या, उत्तेजनामें वध ।
chauffer n. छोटी अँगीठी, बोरसी ।
chauffeur n. मोटरचालक, मोटरड्राइवर, शोफर ।
chauffeuse n. मोटरचालिका, मोटर चलानेवाली ।
chaulmoogra-oil n. शालिमुद्गर-तैल, चालमूग्रा-तेल (बर्मा और मलायामें पाये जानेवाले इसी नामके पेड़का तैल)।
chaunter n. दे० CHANTER.
chausses n. पाद-कवच, पैरोंका पहनावा (एक खास किस्मका) ।
chaussure n. बूट, जूते; पाद-परिधान ।
chautauquan ⊙ a. गृहाध्ययन-सम्बन्धी ।
chauvinism n. कट्टर राजनीति, घोर देशप्रेम, उत्कट देशभक्ति, युद्धतत्पर देशप्रेम, शोवीवाद ।
chauvinist n. & a. घोर, उत्कट देशप्रेमी, युद्धप्रिय, शोवीवादी ।
chauvinistic a. उग्र, घोर, उत्कट देशप्रेमपूर्ण ।
chaw १. n. तम्बाकूका अण्टा या गोली; २. v.t. (अधुना ग्रा०) चर्वण करना, चाबना, चबाना; ~-bacon अशिष्ट, पोंगा, लण्ठ, गँवार, गँवारका लट्ठ, घामड़, उजड्ड; ~ *up* पीस डालना; परास्त करना, बुरी तरह हराना, मात देना ।
chawdron n. अन्तरंग, अन्त्र, अँतड़ियाँ आदि (पशुओंकी) ।
chay(a)-root n. छायबेर, मद्रासमें पाये जानेवाले एक पेड़की जड़ ।
cheap* a. अल्पार्घ, सुखक्रेय, अल्पव्यय, अल्पमूल्य, सस्ता*, कम मोलका, हलके दामका, मन्दे भावका (वस्तु, मूल्य, दुकान, सस्ते विक्रेता या दुकानदार); व्यय या लागतके हिसाब से सस्ता; कमभाव, कम लागतका, कम दामका; सुलभ, सुगम, सहज प्राप्त, अनायास प्राप्त; निर्मूल्य, व्यर्थ, महत्त्वहीन, निकम्मा, बासी; ~ and nasty सस्ता और निकम्मा; C~ Jack बिसाती, फेरीवाला; ~ trip रेल आदिमें स्वल्प किरायेमें यात्रा भ्रमण आदि; ~ tripper रेल आदि में स्वल्प किरायेमें भ्रमण करनेवाला; dirt ~ कौड़ियोंके भाव, मिट्टीके मोल; *feel* ~ हतप्रभ होना, उदास होना; *hold* ~ अनादर या उपेक्षा करना; हीन समझना, तुच्छ या निम्न जानना ।
cheapen v. t. & i. (प्रा०) सुलभ करना; सस्ता करना, सस्ता होना, मोल घटाना या घटना; (प्रा०) मोल भाव करना, मोल करना, दाम या मोल तै करना ।
cheapish a. निकम्मा, घटिया ।
cheapness n. अल्पार्घता, सस्तापन; सुलभता ।
cheat १. n. कैतव, प्रतारणा, प्रवंचन, वंचना, छद्म, छलादान, छल, कपट, धूर्तता, चार सौ बीस, धोखा, झाँसा, जुल, चाल, बुत्ता; कितव, प्रतारक, वंचक, धूर्त, कपटी, ठग, धोखेबाज, अड़ीमार, छलिया, झाँसा देनेवाला; ताशका एक खेल (जिसमें ऐसा धोखा उचित है जो मालूम न हो सके); २. v.t. & i. अभिसन्धि करना, प्रतारणा करना, वंचना करना, कपट करना, चाल चलना, ठगना, झाँसा देना, धोखा देना, बेईमानी करना, जुल देना, दगा देना, दगाबाजी करना; क्रय-विक्रयमें बेईमानी करना; काँटा मारना, टेनी मारना, डण्डी मारना, डाँड़ी मारना; (समय) अतिवाहित करना, यापन करना, बहलाना, काटना, बिताना; (थकान) उतारना; काल या थकानको भुलावा देना, इस प्रकार व्यस्त होना (कि समय या थकान न मालूम हो) ।
cheatable a. प्रतार्य, प्रवंचनीय, झाँसेमें आनेवाला ।
cheater n. प्रवंचक, छली, धोखेबाज ।
cheatery n. प्रवंचकता, छल-कपट ।
cheating a. प्रवंचन, धोखाबाजी ।
chebule n. हरीतकी, हरड़; काबुली हरड़ ।
check n. आवेक्षण, निरीक्षण, परीक्षण, परीक्षा, जाँच, पड़ताल; अभिज्ञानपत्र, शिनाख्ती चिट्ठी, छूटे हुए या सुपुर्द किये हुए सामानकी रसीद; विराम, ठहराव; निरोध, प्रतिबन्ध, बँधेज; प्रतिबन्धक वस्तु या व्यक्ति, रोकनेवाला; निरीक्षक, परीक्षक; शतरंजमें बादशाहपर दबाव, शह, किश्त, ऐसे समय किश्त कहना; (शिकार) लक्ष्य या अहेरका गायब हो जाना; गतिमें आकस्मिक अवरोध, संरोध, रोध, अंकुश, अटकाव, रोक, रुकावट, पलट; छोटी सैनिक हार; ⊙ ताशका तख्ता, ताश खेलनेमें वह फलक (जिसपर रुपया रखते हैं); (रुपयेका) चेक ⊙; ~-action पियानोमें मुगरी रोके रखना और दुबारा चोट न लगाना; ~ book ⊙ धनादेश-पुस्तिका, चेक बुक; ~-nut ढेबरीका कसाव, रोकू ढेबरी (जो दूसरी ढेबरीपर चढ़ायी जाये जिससे दूसरी ढेबरी कसी रहे); ~-rein कसी लगाम या बाग; ~-string (गाड़ी हाँकनेवालेकी) रोकनेका संकेत देनेकी रस्सी; ~-taker थियेटर आदिमें टिकट जमा करनेवाला; ~-till रसीद-खाना, दुकानके आगेके तख्तेमें रसीदोंके रखनेकी जगह; ~-weigher परीक्षणोत्तोलक, परीक्षणार्थ (कोयला) तोलनेवाला; *hand in one's ~s* ⊙ जान सौंपना या हवाले करना, मर जाना; *keep in* ~ नियन्त्रण या वशमें रखना;

~ audit, ~ bag, ~ counting, ~ dam, ~ enumeration, ~ ligaments, ~ list, ~ margin, ~ measurements, ~ moharrir, ~ pattern, ~ post, ~ rail, ~ register, ~ register of loans, ~ register of returns, ~ register of village officers, ~ roll, ~ statement, ~ system, ~ weighment, ~ weight.

check[2] v.t. & i. अवेक्षण करना, निरीक्षण करना, परीक्षण करना, जाँच-पड़ताल करना (वक्तव्य, लेखा, गणना आदिकी); अवरोधन करना, नियन्त्रण करना, अलग रखना, दबावमें रखना, बन्द करना, ठहराना, रोकना, अटकाना; दोषान्वेषण करना; फटकारना'

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

झिड़कना; एकाएक रोक देना; शह देना, किश्त देना; (शिकारी कुत्तोंका) बू-बास न पाकर रुक जाना या बूका पता लगा लेना; जाँच करना, मिलाना, मिलान करना ⊙; ~-up जाँच, जाँच-पड़ताल; स्वास्थ्यपरीक्षा, डाक्टरी परीक्षा ⊙ ।

check[3] n. चारखाना कपड़ा; चारखाना ।

checked a. चारखानादार ।

checker n. अवेक्षक, जाँच करनेवाला; टिकट बाबू ।

checker-board ⊙ n. शतरंजका पट्टा ।

checkers ⊙ n. शतरंज, चेकर खेल ।

checkmate १. n. (*mate* भी अधुना शतरंजमें सुप्रचलित, ला० नहीं) शह, शहमात; २. v.t. हराना, शहमात देना, मात करना; निरर्थक या व्यर्थ करना ।

cheddar n. ठोस पनीर, विलायती पनीर, एक प्रकारका छेना ।

cheddite n. अतिविस्फोटक, एक तेज विस्फोटक पदार्थ, बारूद ।

cheek १. n. कपोल, गाल; अशिष्ट भाषण; आत्माभिमान; पल्ला, दरवाजेकी लर; २. v.t. गुस्ताखी या शोखीकी बात; ~-bone कपोलास्थि, आँखके नीचेकी हड्डी; ~-pouch बन्दरोंकी-सी गालकी थैली; ~-tooth चर्वण-दन्त, दाढ़, चबानेवाले दाँत; ~ *by jowl* सन्निकट, अतिनिकट, घनिष्ठ मित्र, चोली दामनका साथी, साथ-साथ, पास-पास; *to one's own* ~ बिना साझा या मेलके ।

cheekiness n. अशिष्टता, अक्खड़पन, बड़बोलापन ।

cheeky a. अशिष्ट, धृष्ट; अक्खड़, बड़बोला ।

cheep १. n. चिड़ियोंके बच्चोंकी चीं-चीं, चूँ-चूँ, चह-चहकी आवाज; २. v. i. चहचहाना, चूँ-चूँ आवाज करना ।

cheeper n. तीतरका बच्चा या चूजा ।

cheer n. संवर्द्धन, हर्षध्वनि, जयध्वनि, धन्य-धन्य, वाह-वाह; मनोभाव, मनोदशा, मानसिक दशा; आहार, भोजन, खाना, दावत, खूराक; three ~s तीन बार हर्षध्वनि या जयध्वनि; *be of good* ~ स्थैर्य रखना, धैर्य रखना, जी न हारना; *make good* ~ स्वादिष्ट भोजन करो, खूब खाओ पियो; *the fewer the better* ~ जितने आदमी कम उतना ही खानेको अधिक; *what* ~ कैसे हो, तुम्हारा क्या हाल है ?

cheer[2] v.t. & i. जयध्वनि करना, वाहवाही करना, शाबाशी देना; प्रोत्साहन देना, बढ़ावा देना, हिम्मत बँधाना; सान्त्वना देना, धीरज बँधाना; हर्षित करना या होना, मोद देना; ~ *up* ढाँढ़स बँधाना, बढ़ावा देना, जी तगड़ा करना ।

cheerful a. हृष्ट, प्रफुल्ल, आनन्दित, सानन्द, सहर्ष, उल्लसित, मगन, प्रसन्नमुख, हँसमुख; उद्यत, सहमत, इच्छुक, सम्मत, तैयार, राजी, आमादा; स्फूर्तिकारक, आनन्दकारक, आनन्दवर्द्धक, ताजगी देनेवाला ।

cheerfulness n. आह्लाद, उल्लास, हर्ष, आनन्द, प्रसन्नता; स्फूर्ति ।

cheerily adv. प्रफुल्लतापूर्वक, जिन्दादिली से ।

cheeriness n. हर्ष, प्रसन्नता; स्फूर्ति, तरंग, जिंदा-दिली ।

cheering a. & n. हर्षकर, आनन्ददायक; उत्साहवर्द्धक; हर्षध्वनि, प्रशंसा, वाहवाही ।

cheerio int. शाबाश, वाहवाह; विदा !

cheerless a. निरानन्द, विषण्ण, अन्यमनस्क, म्लान, अप्रसन्न; विश्री, हतप्रभ, उदास, सूना, बुझा हुआ ।

cheerlessness n. विषण्णता, अप्रसन्नता, उदासी, सन्नाटा, सूनापन ।

cheerly adv. (नौवि०) चुस्ती-चालकीसे, हृदयसे, जीवटसे, हिम्मतसे, दिल-जानसे ।

cheery a. प्रफुल्ल, प्रसन्नचित्त, मगन, हँसमुख, जिन्दा-दिल, खुशमिजाज ।

cheese[1] * n. दधिक, पनीर*, छेना; मक्खन ⊙; a ~ पनीरकी टिकिया या गोली; bread and ~ दाल-रोटी, सादा भोजन, मोटा-झोटा खाना; chalk and ~ रुपये-रुईका भेद, गधे-घोड़ेका-सा अन्तर; ~-cake पनीरी रोटी, पनीरी केक, नान पनीर, एक प्रकारका सुमिष्ट पिष्टक; ~-cutter पनीर-तराश, पनीर काटनेकी छुरी; ~monger पनीर विक्रेता, पनीर मक्खन आदि बेचने-वाला; ~-paring कृपण, कंजूस; कृपणता, कंजूसी; (pl.) छाँट-छूँट, अल्लम गल्लम चीज, कतरन, छाँटन; ~-plate पनीरकी रकाबी; बड़ा कोटका बटन; ~-rennet एक पौधेका नाम; ~-scoop, taster चम्मच (जिससे थोड़ा पनीर नमूनेके लिए निकालते हैं); ~-straws पनीरकी मिठाई; damson, guava, ~ पनीरके समान पेषित झड़बेर और अमरूदका पकवान; green ~ कच्चा पनीर; *make ~s* घाघरा नाच नाचना (स्कूलकी लड़कियोंका), चक्कर खाते-खाते एकाएक बैठ जाना (जिससे साया या घाँघरा फूल जाता है);

~ bacteria, ~ bowl, ~-cakeflower, ~ cloth, ~-curing, ~flower, ~-hopper, ~ log, ~-maker, ~-making, ~ press.

cheese[2] n. (ग्रा०) the ~ ठीक-ठीक बात, यह बात; चीज, चीज है, असली चीज ।

cheese[3] v.t. (ग्रा०) ~ *it* छोड़ दो, जाने दो, रुको, ठहरो ।

cheesiness n. पनीरका स्वाद; बाँकपना, बनाव ।

cheesy a. पनीरके समान, पनीरके स्वादका, पनीर-सा; बाँका, बनाठना ।

chef n. प्रधान पाचक, बड़ा भण्डारी, खानसामा, महाराज; ~ d'oeuvre प्रधान या सर्वोत्तम कृति ।

cheiropteran n. चमगादड़, स्तनपायी पशुओंमें वह पशु (जिसके झिल्लीदार हाथ परोंका काम देते हैं) ।

cheiropterous a. चमगादड़का ।

chela n. नखर, पंजा ।

cheliform a. नखराकार, पंजेके समान ।

chelonia n. परिवर्मिगण; कश्यप-प्रजाति, मेढक तथा कछुवा जैसे जीव ।

chelonian a. परिवर्मिगणीय; कश्यप-प्रजातीय, कछुवा-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

सम्बन्धी ।

Chelsea n. ~ pensioner रॉयल हॉस्पिटल, चेलसीके वृद्ध और असमर्थ सिपाही (जिन्हें सहायतार्थ पेनशन दी जाती है), चेलसीका पेनशनर; ~ ware १८वीं शतीमें चेलसीमें तैयार होनेवाले चीनी मिट्टीके बने विशेष-पात्र ।

Cheltonian n. & a. चेलटेनहम कॉलिज (Cheltenham College)का (सदस्य) ।

chemical* १. n. रासायन, रासायनिक पदार्थ, रासायनिक प्रक्रियाओंसे प्राप्त या उनमें प्रयुक्त पदार्थ; २. a. रासायनिक*, रसायन-सम्बन्धी; ~ combination रासायनिक संयोग या रासायनिक मिश्रण;

~ analyzer, ~ examiner, ~ fertiliser, ~ formula.

chemicals n. pl. रसायनके पदार्थ, रासायन; heavy ~s भारी रासायनिक पदार्थ (जिनका प्रयोग कृषि और उद्योगधन्धोंमें होता है, प्रायः उत्पादित रसायनोंके लिए);

chemico-electric a. रसायन-विद्युत्-सम्बन्धी ।

chemise n. औरतोंका नीचे पहननेका कुर्ता, कुर्ती, शमीज ।

chemisette n. मलमल या लेस आदि (जो स्त्रियाँ गलेमें लगा लेती हैं); चोली, सलूका ।

chemist n. रसायनज्ञ, रसायनविद्, कीमियागर; केमिस्ट, दवा बनाने या बेचनेवाला ।

chemistry n. रसायनविद्या, रसायनशास्त्र या विज्ञान; (ला०) रहस्यमय प्रक्रिया या परिवर्तन, कीमियागरी; applied or practical ~ प्रायोगिक रसायनशास्त्र, व्यावहारिक रसायनविज्ञान ।

chemitype n. रसायन-मुद्रण ।

chemolysis n. रासायनांशन,रासायनिक गलन,सड़न ।

chemosmosis n. रासायानासृति, रासायनिक क्रिया ।

chemosmotic a. रासायानासृतीय, रासायनिक क्रिया-सम्बन्धी ।

chemotactic a. रासायनक्रमिक, रासायनक्रमी, रासायनिक-विकर्षण-सम्बन्धी ।

chemotaxis n. रासायनक्रम, रासायनवर्तना, रासायनिक विकर्षण ।

chemotherapeutics n. रासायन-चिकित्सा ।

chemotherapy n. = CHEMOTHERAPEUTICS.

chenille n. मखमलकी झालर या मखमलकी डोरी (जो पोशाक या फर्नीचरकी सजावटमें काम आती है) ।

cheque, check n. धनादेश, हुण्डी, धनपत्र, चेक; blank ~ सादा चेक; crossed ~ रेखांकित चेकपत्र, काटेका चिह्न लगा चेक (जिसका तात्पर्य यह है कि केवल उसी बैंकके द्वारा धन अदा हो जिसके नाम वह चेक कटा है);

~ amount, ~-book, ~ form, ~ issued, ~ number, ~ payment, ~ received.

chequer[1], checker n. नर्दका तख्ता, बिसात, शतरंजकी बिसात; (प्रायः pl.) शतरंजी कपड़ा, रंग-बिरंगी कपड़ा, चारखानादार कपड़ा; ~ work एकान्तर-चित्ति, चित्रकारी ।

chequer[2], checker v.t. शतरंजी बनाना, चौपड़ बनाना; रंग-बिरंग बनाना, रंग-बिरंग करना, चारखाने बनाना; ~ed lot, fortunes, life बहुविध जीवन, रंग-बिरंगा जीवन, रंग-बिरंगी जिन्दगी ।

chequers n. इंग्लैण्डके प्रधानमन्त्रीका ग्राम-निवास ।

cherish v.t. आँखकी पुतली या तारा समझना, हथेलीका छाला बनाना, लौ लगाये रहना, स्नेह करना, प्यारा समझना; सम्वर्द्धन करना, पोषण करना, सँजोना, लालन करना, पालन करना, पालना, पोसना ।

cherisher n. पोषक ।

cherishing a. पोषण करनेवाला ।

cheroot n. सिगार (जिसके दोनों सिरे खुले हों), चुरुट ।

cherry १. n. प्रवदर, नाशदाना, शाहदाना, आलू बालू, विलायती मकोय, ककनाज, चेरी (*~-tree, ~-wood*); २. a. लाल, सुर्ख; ~-bob चेरीके दो वृक्ष (जिनके तने जुड़े हों); ~ brandy शाहदानेकी शराब, लाल शराब; ~-breeches ग्यारहवीं हुसार (अंग्रेजी सेनाका एक रिसाला); ~ lips लाल ओंठ; ~-pie सूरजमुखी; ~ ripe मेवाफरोशकी आवाज (जैसे, शहदाने हैं पके); *make two bites at a* ~ संकोच करना, ठिठकना, झिझकना; ~ pit बच्चोंका गोलीका खेल;

~ birch, ~ blossom, ~ gum, ~ red, ~ ribbon, ~ tree gum.

chersonese n. प्रायद्वीप, = PENINSULA.

chert n. रामसैकाइम, चकमक (काला) बिल्लौर, शृंग-प्रस्तर ।

cherty a. रामसैकाइमवत्, चकमक बिल्लौरवाला ।

cherub n. (pl. *~s, ~im*) सुन्दर शिशु, सुन्दर बालक, भोला बच्चा; (मूर्त्तिकला) सपक्ष शिशु (शीर्ष); देवदूत, फरिश्ता; दूसरे वर्गका देवदूत (जिसको विद्या प्रदान की गयी हो), चेरब ।

cherubic a. भोला; देवप्रकृति, देवदूतसम्बन्धी, चेरब-सम्बन्धी ।

chervil n. नन्दपर्ण, सुगन्धित शाक, (मखनी सलाद आदिमें व्यवहार करने योग्य) एक साग ।

Cheshire n. ~ cat टेढ़े मुँहवाला, मुँहफटा आदमी ।

chesil n. कर्कर, कंकर, अछील; छदिफलक, छतकी पाट ।

chess[1] n. शतरंज; ~-board शतरंजकी बिसात (इसमें ६४ वर्ग होते हैं); ~-men (शतरंजकी) मोहरें, गोट ।

chess[2] n. पीपोंके पुलके नीचेका पटल ।

chessel n. पनीर (बनाने)का साँचा ।

chessylite n. नीलताम्रिज, नीले रंगका ताम्रप्रस्तर ।

chest* n. वक्षस्थल, वक्ष, छाती*, सीना; लोहरक्ष, तिजोरी, बड़ा मजबूत सन्दूक, पेटी*, मल्लाहोंके सामान रखनेका सन्दूक, चेस्ट; (दवाइयोंका) सन्दूक; (बढ़ईका) औजारदान; संस्थाके रोकड़का सन्दूक; (ला०) इसके भीतरकी धनराशि; किसी चीजके रखनेका डब्बा, पेटी; ~-note, ~-voice मन्दतर सुर या ध्वनि; ~ of

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

drawers कपड़े रखनेका दराज या आलमारी; ~-protector सीनाबन्द, सदरी; *get thing off* one's ~ (ग्रा०) कह डालना, फिर उससे सम्बन्ध न रखना; ~ cavity, ~ clinic, ~ disease, ~ facilities, ~ girth, ~-height, ~-high, ~ high diameter, ~-trouble.

chested a. उरस्क, सीनादार।

chesterfield n. एक प्रकारका कोच; एक प्रकारका ओवरकोट या चेस्टर।

chestnut n. & a. फलारुणि, आरुणि, बादाम जातिका पेड़ या उसका फल, शाहबलूतका पेड़ या उसका फल (~ *tree*); शाहबलूतकी लकड़ी; कुम्मैत घोड़ा, इस रंगका घोड़ा; प्राचीन कथा, पुरानी बात, बासी बात; ~ colour लाल भूरा रंग; ~-backed, ~-bellied, ~ bittern, ~-breasted, ~ brown, ~ bunting, ~-headed babbler, ~-headed bee-eater, ~-headed flycatcher-warbler, ~-headed wren, ~ rat, ~ soil, ~-throated, ~-tongue, ~-winged.

chesty a. (बोल०) वक्षस्थल या वक्ष-, छातीकी बीमारीका; मन्दतर सुर या ध्वनिके गुण या प्रकारका; (ग्रा०) अपनेको महत्त्वपूर्ण या बड़ा समझनेवाला; दृढ़, हठी, अपने विचारका पक्का ⊙।

cheval-de-frise n. सैनिक-प्राकार या प्राचीर, (काष्ठ-निर्मित) ढाँचा, लकड़ीकी घोड़ी।

cheval-glass n. झूलना दर्पण या आईना (जो खण्डोंमें लगा हुआ हिल-डुल सके)।

chevalier n. अश्वारोही; योधा, शूरवीर, साहसी पुरुष, एक प्रकारका नाइट और फ्रेन्च लीजन ऑव् ऑनरका सदस्य; ~ of industry ठग; दुस्साहसी; the Young ~ प्राचीन फ्रांसीसी अमीरोंमें नौजवान सिपाही; छोटा दावेदार या यंग प्रिटेण्डर।

chevelure n. पुच्छ, केश-विन्यास; पुच्छल ताराका एक भाग।

cheveril n. & a. मेष-कृत्ति; नरम चमड़ा, लचीला।

chevet n. अर्धवृत्त झरोखा; अर्धवृत्त झरोखोंका समूह।

cheviot n. & a. पहाड़ियोंकी भेड़ोंकी ऊन या इसका कपड़ा, शीविटी ऊन या कपड़ा, शीविट।

chevisance n. प्राप्ति, सफलता; अवैध सम्व्यवहार।

chevrette n. हस्तवर्म; चमड़ेका दस्ताना।

chevron n. उल्टा v, आनुवंशिक अमीरोंकी ढालोंपर, इमारतोंपर और अनाज्ञप्त सैनिक अधिकारियों (सूबेदार, जमादार)की बाहोंपर यह चिह्न रहता है; द्विवेणी; पद, श्रेणी, ओहदा ⊙; ~ moulding इन चिह्नोंकी पट्टी।

chevy, chivy १. n. चीत्कार; शिकार; दौड़, पीछा; कबड्डी या बद्दी जैसा एक खेल, चिवी; २. v.t. & i. पश्चाद्धावन करना, अनुधावन करना, पीछा करना; निकल भागना, पत्ता तोड़कर भागना, भाग जाना, सटक जाना, चम्पत होना, रफूचक्कर होना।

chew १. n. चर्वण, चर्वित पदार्थ; गोली या चुसनी; २. v.t. & i. चर्वण करना, चबाना, चाबना; (तम्बाकू) खाना, (मुँहमें) घुलाना; चिन्तन करना, मनन करना, सोचना, गौर करना; ~ *the end* रोमन्थन करना, जुगाली करना, पागुर करना, (ला० प्रायः विचार, कल्पना आदि); ~ *the rag* (सेना ग्रा०) पुरानी शिकायतको दुहराना।

chewer n. चबानेवाला, चाबनेवाला, खानेवाला; तम्बाकू या गोली चूसनेवाला।

chewing-gum n. चर्वण-निर्यास, एक चूसनेकी मिठाई।

Chianti n. इटलीकी लाल शराब, कियान्ती।

chiaroscuro १. n. विश्राम, साहित्य आदिमें क्रमान्तर, संक्रमण या वैभिन्यका उपयोग; विरोधालंकार; धूप-छाँह, चित्रांकनमें प्रकाश और छायाका प्रयोग; प्रकृतिमें प्रकाश और छायाके प्रभाव; २. a. धूप-छाँही, प्रकाश-छाया या धूप-छाँहसे सम्बद्ध; अर्द्धप्रकट, कुछ खुला कुछ ढका।

chiasm n. (शा०) स्वस्तिक; व्यत्यास-सायुज्य, आँखकी नसोंका जोड़।

chiasmus n. वाक्यांश विपर्यय या परिवर्तन (जैसे, *I cannot dig, to beg I am ashamed*)।

chiastic a. विपर्यय या परिवर्तन शैलीका (वाक्य)।

chibol n. एक प्रकारकी प्याज, पलाण्डु (एक विशेष जातिका)।

chibouk n. धूम्रपान-नलिका, तम्बाकू पीनेकी लम्बी नली (तुर्की), तुर्की हुक्का।

chic १. n. अभिरुचि; रीति या शैली; २. a. सुरुचिपूर्ण; ठीक।

chica n. प्रकंगु-सुरा; पर्ण-रंग, पत्तेसे बनाया जानेवाला रंग (दक्षिणी अमेरिकामें)।

chicane १. n. व्यपदेश, मिथ्यापत्ति, छल, कपट, झाँसा, हीला, चकमा, फरेब; ताशमें बिना तुरुपका हाथ; २. v.t. & i. प्रवंचना करना, छल प्रयोग करना, धोखा देना, झाँसा देना, हाथ फेरना, फुसलाना, चकमा देना; कानूनी बहाना निकालना, हीलाबाजी करना।

chicanery n. पक्षाभास, मिथ्यावाद, मिथ्याहेतुवाद; वाक्छल, कुतर्क, प्रवंचना, चातुरी, चालाकी; कानूनी छल, बहाना; = CHICANE n.

chicha n. प्रकंगु-सुरा, चीचा, मक्कासे बनी हुई मदिरा (दक्षिणी अमेरिकामें)।

chick[1] n. कुक्कुटेरक, कुक्कुटशावक, चींगा, चूजा; चिड़ियाका बच्चा; ~abiddy बच्चोंको प्यारसे कहते हैं, मुन्ना, लल्लू, लल्ला, चिंगा, चिंगना; ~-weed एक छोटा पौधा; the ~s किसी परिवारके नन्हें-नन्हें बच्चे, केंचा-पेंचा, चेंचा-मेंचा, चींगी-पोटे।

chick[2], **chik** n. शलाकिनी, चिक, परदा।

chicken[1] n. (pl. ~s, ~) कुक्कुटेरक, कुक्कुटशावक, चूजा, पालतू मुर्गीका बच्चा; चूजेका मांस या गोश्त; किशोर, नवयुवक; ~-breast(ed) छातीकी बढ़ी हुई हड्डी (वाला); ~-feed ⊙ चोजा, चारा; (ला०) नगण्य और तुच्छ आहार; ~ hazard पाँसेका एक खेल;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~-heart(ed) भीरु, कातर, डरपोक, थुड़दिल, बुजदिल; ~-pox मोतिया सीतला, छोटी चेचक; Mother Carey's ~ समुद्री कुलंग, एक प्रकारका पक्षी; *count one's ~ before they are hatched* मनके लड्डू खाना, शेखचिल्ली होना, सूत न कपास कोलीसे लट्ठम-लट्ठ, आज मरे मँगनी कल मरे बियाह, घर घोड़ा नखास मोल।

chicken[2], **chikan** n. चिकन।

chickling n. मोठ, छोटी मटर; अति क्षुद्र कुक्कुट-शावक।

chick-pea n. चणक, चना; छोटी मटर।

chickweed n. सितपुष्पी, पक्षिपर्णी (एक तरहका पौधा जिसे चिड़िया चुगती हैं)।

chicle n. sapodilla वृक्षका दूधिया रस, गोंद (जिससे चूसनेकी मिठाई बनती है)।

chicory n. वन्यकाशिनी, कासनी, नीले फूलका पौधा, चिकोरी; कासनी या चिकोरीका बीज।

chide v.t. & i. निर्भर्त्सना करना, भर्त्सना करना, अधिक्षेप करना, निन्दा करना, तर्जन करना, घुड़की देना, बुरा-भला कहना, शिकायत करना, झिड़कना, डाँटना।

chiding १. a. भर्त्सना करनेवाला; २. n. भर्त्सना, डाँट, झिड़क, घुड़की।

chief n. किसी विभागका अध्यक्ष, अधिष्ठाता, सर्वोच्च अधिकारी, नायक, प्रमुख, मुख्य, मुखिया, जाति या वंशके सरदार; शासक; अग्रणी; ढालका ऊर्ध्व तृतीय; C~ of Staff सेनापतिका उच्च विभागीय अधिकारी; C~ of the General Staff सैन्य-समितिका सर्वोच्च अधिकारी; Colonel-in C~ सर्वोच्च कर्नैल; Commander-in C~ महाबलाधिकृत, महासेनापति; in ~ विशेषतः, सबसे बढ़कर (*for many reasons, and this one in ~*)।

chief[2]* १. a. अग्रणी, प्रधान, महत्त्वपूर्ण, मुख्य*; सर्वोच्च या महत्त्व या प्रभावमें प्रथम स्थानीय; उपाधि या पदके अनुसार उच्च या प्रमुख (*C~ Justice* आदि); २. adv. प्रथमतः, प्रधानतया, विशेषतया, मुख्यतः; सर्वोपरि; C~ Court, C~ Controller, C~ Judge, C~ Minister.

chiefdom n. सरदारी, सरदारका क्षेत्र या पद।

chiefess n. चौधरानी, सरदारिन।

chiefless a. अध्यक्षशून्य, सेनापतिहीन, बिना सरदारका।

chiefly[1] a. अध्यक्षोचित, प्रधानोचित, नायकोचित, सरदाराना।

chiefly[2] adv. सर्वोपरि, अधिकांश; विशेषतः, प्रधानतः, मुख्यतः।

chiefship n. अध्यक्षता, नेतृत्व, सेनापतित्व, सरदारी।

chieftain n. पहाड़ी कबीलोंका नेता, मुखिया या चौधरी या सरदार; दस्युनायक, डाकुओंका सरदार, लुटेरोंका सरगना; (का०) सेनाध्यक्ष, सेनानायक।

chieftaincy n. चौधरी या सरदारका अधिकार-क्षेत्र या पद।

chieftainess n. चौधरानी, सरदारिन।

chieftainry, chieftainship nn. अध्यक्षता, नेतृत्व, मुखियाई, चौधरीपन, सरदारी।

chiff-chaff n. द्रुमकूजिनी, एक गानेवाली चिड़िया।

chiffon n. जालीदार महीन कपड़ा, जालिवसन।

chiffonier n. सज्जित आलमारी, सजावटी आलमारी, छोटी और खानादार आलमारी।

chignon n. केशराशि, कवरी, गद्दीपर या सिरके पीछेका जूड़ा।

chigoe n. मांसपिंशु, पश्चिमी द्वीपसमूहका खालके अन्दर घुस जानेवाला एक प्रकारका पिस्सू, चिगो।

chilblain n. शीत-क्षत, बिवाई, सरदीसे हाथ-पाँव फटना।

chilblained, chilblainy aa. बिवाईदार, फटे हुए (हाथ-पाँव)।

child n. (pl. *children*) सन्तति, सन्तान, वंशज, वंशोत्पन्न, आल-औलाद; बालक या बालिका, बच्चा या बच्ची (*from a ~*); अर्भक, शिशु, गर्भस्थ या नवजात मानव, बालक, बाल-बच्चा; लड़का या लड़की (किसी उम्रकी), बेटा या बेटी; अनुवर्ती; अनुयायी (*~ of God, ~ of the Devil*); अज्ञ, मूर्ख, बालिश, नासमझ आदमी; (प्रा०) सत्कुलोत्पन्न, सुजात; परिणति, परिणाम; उपज (*fancy's ~*); ~-bed, ~-birth प्रसव, सौरी; प्रसव-काल; ~ren of Izaak Walton मछलीके शिकारी; ~'s-play सुकर कार्य, आसान काम, बच्चोंका खेल; ~ wife छोटी दुलहिन; *burnt ~ dreads fire* दूधका जला छाछ फूँक-फूँककर पीता है; *this ~* (प्रा०) (अपनी ओर इंगितकर) मैं या मुझे; *with ~* अन्तःसत्त्वा, गर्भिणी, गर्भवती, गर्भवती होना, पेटसे होना;

~-bearing, ~ guidance, ~ guidance clinic, ~ health service, ~ labour, ~ marriage, ~ psychology, ~ study, ~ welfare, ~ welfare centre, ~ welfare work.

childhood n. शैशव, बाल्यकाल, बालावस्था, बचपन, बालपन, जन्मसे लेकर प्रौढ़ावस्था तक की अवधि; second ~ बुढ़ापा, बुढ़भस, बुढ़ौतीका सिड़ीपन।

childish a. बालेय, बालिश, बचकाना, प्रारम्भिक, प्रौढ़ जनोंके लिए अयुक्त; बालोचित, बालकों-सा।

childishly adv. शिशुतुल्य, शिशुवत्, बालवत्, बचकाने ढंगसे, बचकानेपन से।

childishness n. बालेयत्व, बालौचित्य, बालिशता, बचकानापन।

childless a. निर्वंश, निस्सन्तान, सन्तानहीन।

childlessness n. निरन्वयता, निरपत्यता, निस्सन्तानता, अपुत्रता, निर्वंशता, बेऔलादी।

childlike a. निर्दोष, निरीह, पवित्र, शिशुसुलभ, शिशुसा सरल, मुक्त, भोला।

childly a. & adv. (का०) शिशु-सा, बालक-सा, बच्चे-सा।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

chiliad n. एक सहस्र; सहस्र वर्ष, सहस्राब्दी।

chiliagon n. सहस्रकोणी (ज्यामितीय आकृति)।

chiliahedron n. सहस्रभुज, सहस्रकोण।

chiliarchy n. सहस्रसैन्य, एक हजार व्यक्तियोंकी सेना।

chiliasm n. सहस्रवाद, यह सिद्धान्त अथवा मत कि ईसा सशरीर एक हजार वर्ष तक विश्वपर प्रभुत्व करेंगे।

chiliast n. सहस्रवादी, दे० CHILIASM.

chiliastic a. सहस्रवादी।

chill[1] n. अतिशीत, ठिरन; अभिशीत, शैत्य, जूड़ी, ठण्ढ, सरदी, ठिठुरन; प्रकम्पन, कम्पन, कम्प, झुरझुरी, थरथरी; नैराश्य, उत्साहहीनता, तेजोहीनता, उदासी; अवज्ञा, विराग, रुखाई, बेरुखी; *cast a ~ over* ओस पड़ना; उदासी छाना, उदासी फैलाना; *catch a ~* सर्दी लग जाना, जुकाम होना; *take ~ off water or claret* पानीकी ठण्ढक मारना, शराबको कुनकुना करना।

chill[2] v.t. & i. अभिशीत करना, शीतल करना, सर्द करना, सर्द हो जाना; तुषार मार जाना, सर्दीसे ठिठुर जाना, पाला मार जाना, सर्दिया जाना; (बोल०) सर्दी मारना (द्रवकी); ओस पड़ना; निराश करना, हताश करना, उत्साह भंग करना, निरुत्साह या हतोत्साह करना; उदास करना या हो जाना, सुस्त हो जाना, दिल या जी तोड़ना; पिघले हुए लोहेको ठण्ढा लोहा डालकर जमाना।

chill[3] a. कम्पजनक, शीत, सर्द, बहुत ही ठण्ढा, ठण्ढ पैदा करनेवाला; शीतार्त, शीताक्रान्त, ठिठुरता, ठण्ढ खाया हुआ, जाड़ेका मारा हुआ; अभावुक, भावशून्य, जड़, विरत, निरुत्साह, उत्साहशून्य, हताश।

chilled a. अभिशीतित, शीतजडित, ठण्डीसे सुन्न; *~ed beef* अपेक्षाकृत न्यून तापमानमें संरक्षित (बर्फमें जमाये हुए मांससे भिन्न) गोमांस आदि।

chiller n. अभिशीतक, ठण्ढा करनेवाला।

chilli, -y n. लाल मिर्च, (सूखी लाल) मिर्च।

chilliness n. शीतलता, सर्दी, ठण्डक; भावशून्यता, उदासीनता, विराग, नाभिलनसारी, रुखाई, बेरुखी।

chillness n. शैत्य, ठण्ढक, ठिठुरन, ठिर।

chilly[1] a. शीतल, ठण्ढा, सर्द; आशिशिर, ईषच्छीत; जड़वत्, उदासीन, शुष्कप्रकृति, रूखा, कड़ा, कम मिलनसार।

chilly[2] adv. (क्वचित) उदासीनता या विरागसे, शुष्क प्रकृति से, रुखाईसे।

Chiltern Hundreds n. *apply for, accept the ~* इंग्लैण्डके हाउस ऑव् कॉमन्स या लोकसभासे त्यागपत्र दे देना।

chime[1] n. स्वरसंवाद, तालैक्य, लय, एकतान; सुरीली घण्टावली, घण्टियाँ, घण्टानाद, घण्टियोंके साजकी सुरीली ध्वनि, गजर, झनकार, छमछम, टुनटुनाहट; समत्व, सामंजस्य, अनुकूलता।

chime[2] v.t. & i. समस्वर होना, एकतान होना या करना; घण्टा बजाकर बुलाना; घण्टा बजाकर समय बताना, गजर बजाना; घण्टियोंपर सुर निकालना, सुरीली ध्वनियाँ निकालना; घण्टोंका सुरीला बजना या बजाना; यन्त्रवत् दुहराना, रट लगाना; सुरमें सुर मिलाना, सहमत होना, एकमत होना, हाँमें हाँ मिलाना; सम्मिलित होना, अनुकूलता प्रकट करना।

chime[3], **chimb** n. कोर, कण्ठ, कगर, पीपेके निकले हुए किनारे।

chimera, -aera n. कल्पित विकटाकार जन्तु, शेरके मुँह और बकरेके धड़ और साँपकी पूँछवाला बकरा, किमरा; दोगला, जारज, दोनसला; शशशृंग, वन्ध्यापुत्र, आकाश-कुसुम, कपोल-कल्पना, मनोरथ-सृष्टि, निर्मूल या मिथ्या कल्पना।

chimerical a. दोगला; काल्पनिक, निराधार, मिथ्या, खयाली।

chimney n. वाष्परन्ध्र, वाष्पनिर्गम, वाष्पनाली, धूमरन्ध्र, धूमनिर्गम, धूमनाली, (आग या भट्टी या ईंधनसे धुआँ या भाप निकलनेका रास्ता), धुआँवा, चिमनी; (*~-stalk, ~-top* चिमनीका सिरा, वह भाग जो मकानकी छतसे ऊपर रहे); परिकाच, दीपकाच, लैम्पकी चिमनी; निकास, ज्वालामुखी पर्वतका विस्फोटद्वार; (पर्वतारोहण) संकट या गिरिवर्त्म (जिससे चोटीपर चढ़ सकें), तंग दरार, दर्रा; *~-board* अनलपटल; *~-corner* प्राचीनकालमें अँगीठीके समीपका कोना, अँगीठी या आतिशदानके पासकी जगह; *~-jack* बादगीर; *~-piece* अँगीठीके ऊपर लगी रहनेवाली लकड़ी या पत्थरकी तख्ती; *~-pot* चिमनीका नलवा; *~-pot hat* लम्बी रेशमी हैट; *~-shaft* छत या मकानके ऊपर निकला रहनेवाला चिमनीका स्तम्भाकार भाग; *~-stack* छतपर चिमनियोंकी श्रेणी या पंक्ति; *~-sweeper* चिमनी ब्रुश, चिमनी साफ करनेवाला।

chimpanzee n. मेध्यवानर, वनमानुष, अफ्रीकाका मानव सदृश लंगूर, चिम्पांज़ी।

chin* n. हनु, चिबुक, ठोड़ी, ठुड्डी*; *up to the ~, ~-deep* निमग्न, गलेतक डूबा हुआ, डूबा हुआ।

china n. & a. **china** a. चीनीमिट्टी, चीनी (जिसके बर्तन बनते हैं); चीनीमिट्टीकी (वस्तु या पदार्थ); चीनी, चीनका (*C~ crape*); *~-closet* चीनीदान, चीनीके बर्तन रखनेकी आलमारी; *C~man* चीनी; *C~mania* चीनासक्ति; चीन-प्रेम;

~ aster, ~-orange, ~-root, ~-shop, ~-ware.

chincapin n. चीनानारिकेल, उत्तरी अमरीकामें पाया जानेवाला छोटा नारियल।

chinch n. सितासित कीट, घुण, घुन, मत्कुण (एक विशेष प्रकारका)।

chinchilla n. छोटा दक्षिणअमरीकी चूहा, चिंचिला; इसकी कोमल भूरी खाल।

chinchin int. स्वागत और मंगलकामना, प्रणाम, नमस्कार (n. & vb. भी)

chine[1] n. तंग गहरी खड्ड।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

chine[2] n. पर्वतपृष्ठ, पर्वतशृंग, पृष्ठ, टीला; मेरुदण्ड, रीढ़; जानवरकी रीढ़की हड्डी या मांस।

Chinee n. (ग्रा०) चीनवासी, चीनी; *the heathen ~* (हास्य०) ठेठ चीनी, पक्का चीनी।

Chinese n. & a. चीनकी भाषा, चीनका निवासी, चीनी; *~ lantern* चीनी कन्दील, कागजी फानूस; *~ white* एक सफेद रंग, जस्तेका श्वेत जारेय या ऑक्साइड।

chink[1] n. रन्ध्र, छिद्र, छेद, सूराख; दरार, तड़क।

chink[2] १. n. शिंजन, क्वणन, रणन, स्वनन, झनक, ठनक, झनकार, खनक, ठनकार, झनझनाहट, खनखनाहट, शीशेके बर्तनों या सिक्कोंके आपसमें टकराकर बजनेकी आवाज; नकद रुपया; २. v.t. & i. धातु-संघर्ष द्वारा शब्द करना, खनकना, खनखनाना, ठनकना, ठनकाना, झनकाना, झनकना; रुपये आदिसे इस प्रकार-की ध्वनि करना; विदीर्ण होना।

chink[3] n. (ग्रा०) चीनका अधिवासी, चीनी।

chinky n. विदीर्ण, छिद्रिल, रन्ध्रपूर्ण।

chinned a. हनुमत्, चिबुकवाला, ठुड्डीदार।

chinoiserie n. चीनी व्यवहार, चीनी मर्यादा; चीनी-कला, चीनी सज्जा।

chintz n. & a. छींट, छींटका।

chip[1] n. अपखण्ड, खण्ड, छिपटी, चिपटी, चिप्पी, चैली, चिप्पड़, लकड़ीसे काटा हुआ टुकड़ा या पत्थरसे टूटी हुई चिप्पी; फल, आलू आदिकी पतली पर्त, कतला, चिप; (pl. बोल०) आलूके भुने हुए चिप (*fish and ~s*); हैट आदि बनानेके लिए लकड़ीकी खपची, खपाच (*~ bonnet*); छेप, बर्तनका चिप्पी निकला स्थान, चीनी के बर्तनों आदिमें ऐसा दाग (जहाँसे कोई खण्ड टूट गया हो); (ग्रा०) रुपये आदिका लेन-देन; *~ hat* ताल-टोपिका, खजूरके सूखे पत्तोंसे बना टोप; *~-shot* (गॉल्फमें) गेंद मारनेका ढंग; *~ of, ~ of old block* पिताकी उन्हार पुत्र, पिताके अनुहार पुत्र, जैसा पिता वैसा पुत्र; *~ of the same block* एक आँवाके बरतन, एक ही थैलीके चट्टे-बट्टे; *dry as a ~* स्वाद-हीन, रूखा, फीका, चैली-सा।

chip[2] v.t. & i. खण्ड-खण्ड करना, लकड़ी छीलना, छोलना, काटना, पत्थर आदिको तल या किनारेसे तोड़ना, छिपटी उतारना; पत्रे काटना या उतारना, टुकड़े आदि तोड़ना, निकालना; फोड़ना (खोलका, जैसे चूजे अण्डा फोड़कर निकलते हैं); उत्कीर्ण करना (शिलालेख); अक्षम या सुकुमार या निर्बल होना; (बोल०) निन्दा करना, किसीकी हँसी उड़ाना; *~ in* ⊙ (ग्रा०) जुड़ना; बात काटना, बीचमें बोल उठना।

chip[3] १. n. कुश्तीका दाँव, अड़ंगा; २. v.t. अड़ंगेपर लाना।

chiplet n. आधारखण्डक, खण्डक।

chipmuck, -unk n. चिपंक, उत्तरी अमेरिकाकी एक गिलहरी, चिपमंक।

Chippendale n. ड्राइंगरूमका हलकी कोटिका फर्नीचर।

chipper[1] १. n. गपशप; २. v. i. चीं-चीं करना, चह-चहाना।

chipper[2] ⊙ a. अति, अतिशय, अधिक।

chippiness n. नीरसता, सूखापन; जलन; चिड़-चिड़ापन, तुनुकमिजाजी; मतली, कै।

chipping n. अपखण्डन।

chippy a. (ग्रा०) अरोचक, नीरस, शुष्क; (मद्यपानके बाद) छर्दनशील और तृषायुक्त (शराबी)।

chips n. (नौवि० ग्रा०) यान-तक्षक, जहाजका बढ़ई।

chiragra n. अंगुलि-वातरक्त, अँगुलीके जोड़ोंमें गठियाका दर्द।

chirk ⊙ a. प्रसन्नचित्त, आनन्दपूर्ण।

chirm n. & v. i. रव या गुञ्जन; गुञ्जन करना, भिनभिनाना, चहचहाना।

chirognomy n. हस्त-रेखा-विज्ञान।

chirograph n. हस्ताक्षरित लेख, दस्तावेज।

chirographer n. (ग्रा०) हस्ताक्षरित-लेखाधिकारी।

chirography n. हस्तलेख-शैली।

chirologist n. पाणि-संकेत-विज्ञ, हाथके इशारोंसे बातचीत करनेवाला।

chirology n. हस्त-संकेत-संलाप-विद्या, पाणिंगितकला।

chiromancer n. हस्तरेखा-विशारद।

chiromancy n. हस्त-सामुद्रिक; हस्तरेखा-विद्या।

chiromantic a. हस्तरेखा-विद्यासे सम्बन्धित।

chironomy n. संकेत-विद्या, इंगित-विज्ञान।

chiropodist, chiropody nn. हस्तपाद-चिकित्सक, हाथ, पैर, नाखून, घुटनों आदिकी चिकित्सा करने-वाला; हस्तपाद-चिकित्सा।

chiropractic n. (रोगोपशमनकी प्रणालीके रूपमें) पृष्ठ-वंश या मेरुदण्डकी चिकित्सा।

chiropractor n. मेरुदण्डप्रणालीका चिकित्सक।

chirp १. n. आनन्दस्वर, किचमिच शब्द, चहचहाहट, गुनगुनाहट, चूँ-चूँ, चीं-चीं; २. v.t. & i. किचमिच शब्द करना, कूजन करना, विराव करना, चहचहाना, चूँ-चूँ करना, चीं-चीं करना; आनन्दध्वनि करना, उल्लास व्यक्त करना, हर्ष व्यक्त करना, अलापना, गुनगुनाना, गीत गाना; हर्षालाप करना, प्रसन्नतापूर्वक बातचीत करना; मन्दस्वरमें बोलना, धीमे सुरमें बात करना।

chirper n. एक छोटी चिड़िया; चीं-चीं करनेवाला कीड़ा।

chirpiness n. उल्लास, हर्ष, प्रमोद, आमोद, आनन्द; जीवन्तता, स्फूर्ति।

chirpy a. उत्फुल्ल, प्रफुल्ल, जीवन्त, उल्लासपूर्ण, सजीव; गपी, बकबकिया।

chirr १. n. चिचियाहट; २. v.t. स्थायी रूपसे त्रिल-रिल-रिल करना, झिंगारना, चिचियाना, चर-चर करना, टिड्डेकी-सी आवाज निकालना।

chirrup n. & v.t. कूजन (करना), निरन्तर चूँ-चूँ (करना); बच्चेकी आवाजका अनुकरण (करना), गूँ-गाँ

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(करना); (आ०) नाटक या थिएटर आदिमें वृत्तिभोगी प्रशंसक(के रूपमें काम करना)।

chirruper n. किरायेका प्रशंसक, नाटक या थिएटर आदिमें वृत्तिभोगी प्रशंसक, भाड़ेका भाट।

chirurgeon n. शल्य-चिकित्सक, जर्राह, सर्जन, चीरफाड़ करनेवाला डॉक्टर।

chisel १. n. तक्षणी, छेदनी, नहन्नी, टंक, टाँकी, छेनी (जिससे लकड़ी, पत्थर या धातु काटते है); छेनी आदिसे लकड़ी और पत्थर आदिके काटनेका काम; टाँकीकी चोट या मार; (आ०) वंचना, धोखा; २. v.t. टाँकी आदिसे सँवारना, काटना, गढ़ना; मूर्त्तिकार, संगतराश, बढ़ई, लोहार आदिका काम करना; टाँकी आदिका काम करना; (आ०) धोखा देना, ठगना; cold ~ फौलादी छेनी, लोहा काटनेकी छेनी; the ~ संगतराशकी छेनी, मूर्त्तिकारकी छेनी।

chiseling n. तक्षण, छेदन, टंकन।

chiselled a. टंकच्छिन्न; तराशा, छेनीसे कटाहुआ-सा।

chit[1] १. n. अल्पवयस्का, नाटी या सुकुमार नारी (*~ of a girl*); नवजात, शिशु, बालक; अंकुर; क्षुद्रपत्र, चिरकुट; २. v. i. अंकुरित होना, उत्पन्न होना।

chit[2], **chitty** n. पर्णी, पर्चा, पुर्जा, चिट्ठी, रुक्का, चिट; *~ system* नकदकी जगह चिट देनेकी प्रणाली।

chit-chat n. विस्रस्तालाप, मधुरालाप, संलाप, गपशप, हलकी-फुलकी बातचीत।

chitter v. i. शीतसे काँपना, ठण्ढकसे काँपना।

chitterling n. (प्रायः बहु०) जानवरोंकी छोटी आँतें।

chitty n. दे० CHIT[2]।

chivalrous, chivalric a. सम्मानार्ह या सम्मान्य या माननीय, वीरोचित, सुविक्रान्त या पराक्रमी-सा, शूरवीरका; शूरवीरोंके युगका-सा, शूरवीरोंके युगका; शिष्ट, सुसभ्य, व्यवहारज्ञ, व्यवहारविद्; निर्हेतुक, निःस्वार्थ, उदार, त्यागी; क्षिप्रमनस्क, झक्की, सनकी।

chivalry n. अश्वारोही, सवार, घुड़सवार, घुड़सवारोंका रिसाला (आ०); युद्धकौशल, नाइटोंकी-सी दक्षता (आ०), मध्यकालीन धार्मिक या नैतिक दानवीरता; विशिष्ट सामाजिक सामन्त-व्यवस्था; आदर्श शूरवीरकी विशिष्टता या गुण, दाक्षिण्य, आनुकूल्य; शिष्ट योद्धा, वीर जन; महिलासेवा-परायणता, नारी-सेवा-धर्म; वीरत्व, शौर्य, शस्त्रदक्षता; निर्बल दलका पक्षग्रहण करनेकी प्रवृत्ति; नागरता; राजाकी भूधृति; flower of ~ (किसी देशके) गौरवशाली सैनिक; महावीर, शूर, आदर्श सूरमा।

chive, cive n. प्याजकी-सी एक वनस्पति।

chlamys n. पौष्प वेष्टन (वन०); पुरा-परिधान, पुरुषोंके पहिरनेका ऊपरी वस्त्र, चोगा।

chloanthite n. रूपनेपिज, गिलटका रस।

chloasma n. पीतचर्म, एक चर्म-रोग (जिसमें ग्रीवा और आकृतिपर पीले धब्बे पड़ जाते है)।

chloral n. *~ hydrate* or *~* नीरसु, एक मूर्च्छाकारक और निद्राजनक ओषधि विशेष, क्लोरल।

chloralism n. अतिनीरसुता, क्लोरलके प्रयोगसे उत्पन्न मूर्च्छा, सुन्नावस्था।

chloralization n. नीरसूयन, नीरसु साधन, मूर्च्छीकरण।

chloralize v.t. नीरसूयन करना, क्लोरलके प्रयोगसे मूर्च्छा या निद्रा उत्पन्न करना।

chlorate n. (रसा०) नीरीय, क्लोरीनके तेजाबका एक लवण।

chloric a. नीरिक, क्लोरीनसे बना हुआ; *~ acid* n. नीरिक अम्ल, क्लोरीनका तेजाब।

chloridate v.i. नीरेयण करना, नीरेय-साधन करना, नीरेय बनाना।

chloride n. (रसा०) नीरेय, हरिद, क्लोरीनका संयोग, क्लोराइड; (प्रच०) रंग उड़ानेवाली (विरंजक) दवाएँ (जो वस्तुतः क्लोराइड नहीं हैं) (*~ of lime*)।

chlorider n. नीरेयखनक, नीरेयक।

chloridization n. नीरेयीकरण, नीरेयसाधन।

chloridize v.t. नीरेयीकरण करना, नीरेय साधन करना।

chlorinate १. v.t. नीरजन करना, नीरजी-साधन करना; २. a. नीरजित, क्लोरीनसे युक्त।

chlorinated a. नीरजित, क्लोरीन मिला (*~ water*)।

chlorination n. नीरजना, नीरजन, हरिदीकरण, क्लोरिनीकरण, क्लोरीन मिलाना, क्लोरीनका प्रयोग।

chlorinator n. नीरजक, क्लोरीन बनाने या मिलानेवाला।

chlorine n. (रसा०) नीरजी, हरिद (अधात्विक तत्त्व), पीताभहरित भारी दुर्गन्धयुक्त गैस, क्लोरीन; *~ dioxide, ~ family, ~ peroxide, ~ water.*

chlorinous a. नीरजीय, क्लोरीनवाला।

chlorite n. नीरित; हरितिज, एक रासायनिक लवण।

chloritic a. नीरितिक, क्लोराइट-सम्बन्धी।

chlorodyne n. नीरापीड, एक प्रसिद्ध दवा, निद्राजनक और पीड़ानाशक, क्लोरोडाइन।

chloroform १. n. सम्मोहिनी, नीरवभ्रल, मूर्च्छाकारक द्रव-पदार्थ (जिसके सूँघनेसे बेहोशी आ जाती है), क्लोरोफार्म; २. v.t. अचेत करना, मूर्च्छित या बेहोश करना, क्लोरोफार्म सुँघाना; क्लोरोफार्मसे भरना।

chloroformate a. नीरवभ्रीय, क्लोरोफार्मसे बना।

chloroformic a. नीरवभ्रिक, क्लोरोफार्मका।

chloroformism n. सम्मोहिनीरुजा, मूर्च्छा।

chloroformist n. नीरवभ्रक, सम्मोहना, मूर्च्छित करनेवाला।

chloroformization n. नीरवभ्रण, सम्मोहन क्लोरोफार्म देना।

chlorometer n. नीर-मान, क्लोरीनकी मात्राका पता लगानेका एक यन्त्र।

chlorometry a. नीर-मिति, क्लोरीनकी मात्रा नापनेका विज्ञान या कला।

chlorophyll n. (वन०) पर्णशाद, पर्णहरिभ, पौधोंके

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

हरित भागको अनुरंजित करनेवाला वर्ण-द्रव्य, पत्तोंका हरा रंग, क्लोरोफिल ।

chlorosis n. हरिद्रोग, हरित रोग, युवतियोंका रक्त-हीनता-सम्बन्धी रोग (जिससे मुख हरा-सा हो जाता है); (वन०) हरा रोग, पेड़ोंके हरे भागोंका श्वेत हो जाना या पंखड़ियों आदिका हरित हो जाना ।

chlorotic a. हरिदाक्त, हरे रोगसे सम्बद्ध, हरे रोगका बीमार ।

chlorous a. नीर्य, क्लोरीनके अंशका ।

chock[1] n. कुत्ता, अड़ाना, मेख, खूँटा, पच्चर, लकड़ीका कुन्दा या टुकड़ा (जिससे पीपों या पहियोंकी गति रोकते हैं) ।

chock[2] १. v.t. नावको अड़ानोंपर रखना; अड़ानोंसे स्थिर कर देना, मेख गाड़ना, पच्चर ठोंकना; २. adv. सन्निकट, सटाकर, भींचकर; ~-a-block एक दूसरेमें जाम किया हुआ, जड़ा हुआ, सटाया हुआ (मूलतः नौवि०, दो लट्ठोंका किसी जकड़ या पकड़में); ~-full आकण्ठ, भरपूर, खचाखच, मुँहामुँह; ~ *up* अड़ाने अच्छी तरहसे लगा देना; (कमरे आदिको) फर्नीचर आदिसे भर देना ।

chocolate n. & a. कपिशामिष्ट, कपिशा, ककाओ या काकिकाके बीजकी पीठीका (केक), चाकलेट; कपिशापेय; गर्म दूध या पानीमें तैयार किया हुआ इसीका काढ़ा; कपिशवभ्रु, कपिशा-वर्ण, कपिश, श्याम, कत्थई, खैरा, लाखिया, काकरेजी (रंग) (~ *powder*); ~ cream चाकलेट मिठाई (जिसके भीतर शीरा भरा होता है);
~ bat, ~ brown, ~ powder, ~ red, ~ tree.

choctaw n. स्केटिंगका एक पैंतरा ।

choice[1] n. वरण या चुनाव या पसन्दका अधिकार या योग्यता या शक्ति; चुननेकी क्रिया या अधिकार; वरण, वर, ग्रहण, चुनाव, पसन्द (~ *of species*); उत्कृष्ट, श्रेष्ठ, उत्तम व्यक्ति या वस्तु; उत्तमांश, उत्तम भाग; रत्न, भूषण; विकल्प (*have no ~ but*); चुने या पसन्द किये हुए व्यक्ति या पदार्थ; चुनने या पसन्द करनेके लिए किसी वस्तुका उत्तम संग्रह; रुचि, इच्छा; *at* ~ यथेष्ट, यथेच्छ, यथेप्सित, यथाकाम, इच्छानुसार; *have no* ~ कुछ भी हो; *have* one's ~ स्वेच्छासे चुनना, स्वयं चुनना; *Hobson's* ~ कोई प्रस्ताव ग्रहण करना; *make* ~ *of* पसन्द करना, छाँट लेना, चुनना; *take* one's ~ निर्णय करना, स्थिर करना, पसन्द करना, फैसला करना; *the girl of* one's ~, *for* ~ वधू यदि चुनता है तो, यदि पसन्द करता है तो ।

choice[2] a. उत्कृष्ट, विशिष्ट, सर्वोत्तम, बढ़िया; संगत, समुचित, उचित, सावधानीसे मनोनीत; सावधानीसे गृहीत ।

choiceness n औचित्य, उत्तमता, श्रेष्ठता, विशेषता; चुनाव ।

choir, quire १. n. नर्तक-मण्डली, नर्तक-दल; गिरजों-में उपासनाके समय गाने-बजानेवालोंकी मण्डली, भजन-मण्डली; गायक-दलका स्थान; गायक चक्र या गायक दल, चौकी या समूह (चिड़ियों, देवदूतों आदिके भी); २. v.t. & i. समवेत स्वरमें गान करना, मिलकर गाना; ~ organ चौथी अरगन, अरगनके तीन भागोंमें सबसे निचला ।

choke[1] १. n. श्वासरोध, साँस रुकनेकी स्थिति, संकीर्ण अथवा निरुद्ध अंश या भाग; खाड़ी आदिका रेत, पत्थर, बालू आदिसे भर जाना (*stones* ~ or ~ *up channel, channel* ~*s*); भरई, पट जाना; भाव-निरोध, भावदमन; २. v.t. & i. श्वासरोध करना, श्वासावरोध होना, गाँठ पड़ जाना, दम घुटना, साँस रुकना, गला घोटना, गला दबाना, टेंटुआ दबाना, गलेमें फँस जाना, गला कसना, गला घुटना, फन्दा पड़ जाना, साँस रुधना या अटकना (धुएँ, पानी आदिसे); (क्रोध आदिसे) दम घुटना; (ला० भावका) निरसन करना, दमन करना, दबाना; (पौधा अग्नि आदिका) प्रकाश या हवा आदि बन्द करके सुखा डालना, मार डालना, बुझाना; (नलीको उसका एक भाग तंग करके) पूरा-पूरा या थोड़ा रोक देना, अटका देना, अड़ाना; ~-bore बन्दूककी गावदुम नाल, बन्दूकका छेद (जो नालकी ओर तंग होता है); ~-damp खानोंकी बन्द हवा, खानों और कुओं आदिमें पैदा होने-वाली कार्बनिक एसिड गैस; ~-pear गले पड़ेकी बात या सौदा, मजबूरी (बात जिसको स्वीकार करते न बने), वह तिरस्क्रिया (जिसको सहन करते न बने); ~ing coil (विद्युत), ~ भी, प्रतिबन्धक, प्रतिबन्धी, वेष्टन; ~ *down* कठिनाईसे (भोजन) निगलना; (भाव) छिपाना; ~ *off* ⊙ (किसी व्यक्तिको किसी कार्यसे) विरत करना, रोकना ।

choke[2] n. हाथीचोक या चुकन्दरका मध्यभाग ।

choker n. (क्रियागत अर्थोंमें) गला दबानेवाला आदि; white ~ सफेद टाई (प्रा०) ।

choking n. श्वासरोध ।

choky a. श्वासावरोधी, दम घोंटनेवाली ।

cholaemia n. पित्त-प्रकोप-रुजा , एक रक्त-रोग ।

cholagogue n. पित्तोत्सारक, पित्तोत्सारी, पित्तको साफ करनेकी एक ओषधि ।

choler n. (का०, प्रा०) रोष, क्रोध, चिड़चिड़ापन, तेहा, गुस्सा, तैश; (इति०, HUMOURS मेंसे एक) पित्त ।

cholera n. विषूचिका, विसूचिका, महामारी, हैजा, कालरा (~ *and plague regulations*); chicken ~ मुर्गियोंका संक्रामक रोग; hog ~ शूकरज्वर, सूअरोंमें फैलनेवाला एक छूतका रोग;
bilious ~, ~-belt, ~ camp charges, ~ case, ~ germ, ~ germ destructor, ~ health inoculation, ~-infected area, ~ patient, ~ register, ~ report, ~ season, ~ vaccine.

choleraic a. विसूचिका-रोग-सम्बन्धी, हैजेका ।

choleric a. कोपी, क्रोधिल, क्रोधी, चण्ड, गुस्सैल, चिड़चिड़ा, तेज मिजाज ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

cholerine n. विसूचिका, हैजा; दस्तका रोग।
cholesteric a. पैत्तविक, पित्तवाले मद्यसारसे सम्बन्धित।
cholesterin n. पैत्तव, पित्ताशयकी पथरी।
cholesterol n.=CHOLESTERIN.
choliamb n (छन्द०) षट्पदी, छ गणोंवाला एक विशेष पद्य।
choliambic n. & a. पद्य-विशेष (छ गणोंवाला)के सदृश; षट्पदगुणीय।
cholic a. पित्तिक, पित्तिय।
choltry n. चन्द्रातप, वितान, छोलदारी, शामियाना (मलयालम 'चोल्ट्री'का अपभ्रंश)।
chondrine n. कास्थिकि, पसलियोंकी चर्बी।
chondrodite n. कणिकिज, दानेदार पत्थर।
choose v.t. & i. मनोनीत करना (*was chosen king*); दोमें एक चुनना या पसन्द करना; वरण करना, चुनना, छाँटना, पसन्द करना (किसी वैशिष्ट्य या गुणके कारण); निर्णीत करना, एक निर्णय कर लेना (किसी कामको करनेका), निश्चयपूर्वक करना, उचित मानकर करना; *cannot ~ but* चाहे अनचाहे करना ही है; *pick and ~* अत्यन्त सावधानीसे छाँटना, ठोंक बजाकर चुनना या लेना; *nothing to ~ between them* एक-सी है, इनमें कोई अन्तर नहीं (समान वस्तुओंके लिए)।
chooser n. चुननेवाला, पसन्द करनेवाला।
choosey a. दुराराध्य, उपेक्षाशील, जिसे प्रसन्न करना कठिन हो; वहमी।
choosing n. वरण, चुनाव, छँटाव।
choosy ⊙ a. दृढ़, हठी, सनकी, धुनका पक्का।
chooz(e)y a. (ग्रा०) = CHOOSEY.
chop[1] n. (प्रायः वायुवेगके कारण) तरंग-भंग, समुद्रकी अशान्ति, लहरान, डगमगाहट, समुद्रका कटाव; कुल्हाड़ी आदिकी काट, आघात, चोट, छेव, हाथ; बोटी, कतला, पारचा, मांसका टुकड़ा; टिकिया (potatoe ~); ~-house सस्ता भोजनालय।
chop[2] v.t. & i. (प्रायः) कुल्हाड़ी आदिसे काटना या छाँटना; इस प्रकार आघात करना; घाव देना, चोट करना, छेव मारना; काटकर रास्ता निकालना; खण्ड-खण्ड करना; (ला०) शब्द आदिमें कतर-ब्योंत करना; *~ at* चोटें लगाना; *~ back* एकाएक घूम जाना, पलट पड़ना; *~ in* बात काटना; *~ out* तलपर उभर आना, निकल आना; *~ through* चीरते-फाड़ते निकल जाना; *~ up* (*~ off, away* भी) टुकड़े-टुकड़े करना; छोटे-छोटे खण्ड करके काटना।
chop[3] n. (चीनमें) व्यापार-छाप, मार्का; (भारतमें) अनुमतिपत्र, छाप, मोहर, राहदारी; first, second, ~ (आंग्ल-भारतीय तथा बोल०) प्रथम, द्वितीय श्रेणी।
chop[4] v.t. & i. *~ and change* चंचल होना, अस्थिर होना, बदल जाना, बदली करना; ~s and changes परिवर्तन, अदला-बदली; *~ logic* वितण्डा (करना), वाग्जाल (रचना), कठहुज्जत (करना); *~ round, about* दिशा बदल देना, एकाएक रुख बदल जाना।
chopin n. द्रव-माप (प्राचीन फ्रांस या स्कॉटलैण्डमें), = २० औंस।
chopine n. पद-त्राण विशेष, चप्पल, चट्टी, खड़ाऊँ (स्त्रियोंके लिए)।
chopper n. कसाईका छुरा; गँड़ासा, चौड़ी धारकी छोटी कुल्हाड़ी; काटनेवाला।
chopping n. कर्तन-क्रिया, कटाई; ~ block कर्तन-काष्ठ; ~ knife = CHOPPER; ~ping sea तूफानी समुद्र।
choppy a. दरीयुक्त; दरारोंसे भरा हुआ; क्षुब्ध, तरंगित (समुद्र)।
chopstick n. (चीनियों या जापानियोंकी) भोजन-शलाका, चीनी काँटा; हाथीदाँत आदिकी दो पतली-पतली तीलियाँ (चीनी लोग जिनका खाते समय एक हाथमें लेकर व्यवहार करते हैं)।
choragic a. सहगान-नेतासे सम्बन्धित (*~ monument*)।
choragus n. सहगान-नेता, संगीत-निर्देशक।
choral[1] a. समवेत गान-सम्बन्धी; गायकदलका; ~ service उपासना जिसमें गीत और तराने आदि गाये जायँ; full ~ service दोहरे गीतों सहित उपासना।
choral(e)[2] n. (जर्मनीके गिरजोंमें) समवेत स्वरमें गाया जानेवाला भजन, भजनका सुर।
choralist n. समवेत गायक; भजन गानेवाला।
chord[1] n. (गणित) सम्पर्क-जीवा; तन्त्र, तार, ताँत, डोरी, बाजेका तार (का०); (श० र० शा०) तन्त्र, तन्त्री, तार या ताँत जैसा अंग; रज्जु (*~ cell*); spinal ~ मेरुदण्ड; vocal ~ स्वरतन्त्री; (ला०) *touch the right ~* दूसरोंके भावोंसे मनोनुकूल काम लेना।
chord[2] n. (संगीत) संतत्रण, भिन्न-भिन्न स्वरोंका सम्मिश्रण, संलय, सम्मेल, मिलाप; सामंजस्यपूर्ण वर्ण-मिश्रण, रंगोंका उचित सुन्दर मेल; common ~ or ~ साधारण सुर; *break* or *spread ~* राग या रागनियोंका क्रमशः बजाना या निकालना।
chordal a. तान्त्रिक, ताँतके समान, तार या ताँतका।
chordate a. रज्जुमान् (*~ animal*)।
chore n. लघुकर्म, घरेलू काम-काज।
chorea n. सन्त 'वीतू'का नृत्य; नृत्त-रोग (जिसमें मनुष्य पीड़ासे नाच उठता है)।
choree n. (छन्द०) = TROCHEE.
choreograph n. नृत्यलेख, नृत्यसंगीतलिपि; नृत्यगान या बैलेट (ballet)का विधिनिर्देश।
choreographer n. नृत्यका नियामक, नृत्यसंगीत-लिपिक।
choreographic a. नृत्यलेख-सम्बन्धी।
choreography n. नृत्यलेखन।
chorepiscopal a. स्थानीय पादरीका।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

chores ⊙=JOBS.

choriamb n. (छन्द०) एक चतुरक्षरीय पद (आदि अन्त, दीर्घ और दूसरे ह्रस्व)।

choriambic a. चतुरक्षरीय पदसे सम्बन्धित।

choric a. (ग्रीक नाटकोंमें) कोरस (समवेत गान) सम्बन्धी या कोरसका।

chorion n. (शु० र० शा०) गर्भवेष्ट, गर्भके बाहरकी झिल्ली; (वन०) बीजवेष्ट।

choripetalous a. पृथग्दल, बिखरी पंखुड़ियोंवाला।

chorister n. भजन गानेवाला, गिरजेकी गायक मण्डलीका बच्चा, (देवदूत या पक्षीके विषयमें, ला०भी)।

chorographical a. स्थानीय (या क्षेत्रीय) भूगोल-सम्बन्धी।

chorography n. स्थानीय (या क्षेत्रीय) भूगोल विद्या।

choroid n. & a. (शु० र० शा०) रंगि पश्च; पुतलीके अन्दरकी झिल्ली, गर्भवेष्ट-सम्बन्धी अथवा तद्वत् (*~ coat*)।

chorology n. जीव-विभाजन-विज्ञान, भौगोलिक विभाजन।

chortle n. & v. i. अट्टहास (करना), कहकहा (लगाना), ठहाका (मारना), ठट्ठा (मारना)।

chorus १. n. एलिज़ाबेथ-युगीन नाटकोंमें प्रस्तावना और भाष्यके वक्ता; (प्रा० ग्रीसमें) धार्मिक उत्सवों और नाटकों या रूपकोंमें नाचने गानेवालोंकी मण्डली; कोरस; (संगीत) मुखताल, अन्तरा, अस्थायी टेक; कई बन्दों या भागों (बहुधा चार)की गीत-रचना (जो कई सम्मिलित कण्ठोंसे गायी जाय); गायकवृन्द, गायकदल, चौकी; सहगान, मण्डलीका गीत; समवेत गान, सामूहिक गान (*in ~*); २. v.t. & i. सम्मिलित कण्ठसे गाना या बोलना, कोरस गाना, आदि।

chose[1] p.t. of CHOOSE.

chose[2] n. (क़ानून) वस्तु; ~ in action वादप्राप्य वस्तु; ~ jugee निर्णीत विषय, निर्णीत वस्तु।

chosen[1] a. अभिप्रेत, अभीष्ट।

chosen[2] v. p.p. of CHOOSE.

chou n. फीता, रिबन।

chough n. लालपैरा कौवा, डोम कौवा, लाल पैरोंवाला कौवा।

choultry n. दे० CHOLTRY; सराय, धर्मशाला।

chouse १. n. प्रवंचक, छलादाता; प्रतारणा, वंचना, धोखा, ठगपना; २. v.t. प्रवञ्चन करना, प्रतारणा करना, छलादान करना, छलसे लेना; वंचित करना, मूर्ख बनाना, धोखा देना, ठगना, मूँड़ना (बोल०)।

chow १. n. चीनी कुत्ता, चीनी नस्लका कुत्ता; २. a. (आस्ट्रेलियामें, ग्रा०) चीनी, चीनका।

chow-chow n. चीनी अचार।

chowder n. बिस्कुट (मछली आदिसे बना एक विलायती भोजन)।

cowry n. चामर, चमरी, चौंरी।

chrematistics n. वित्त-विज्ञान, राजनीतिक अर्थशास्त्र।

chrestomathy n. उद्धरण-पुस्तक (किसी भाषाको सीखनेके लिए)।

chrism n. अभिषेक, उबटन, पवित्र तेल (बप्तिस्मा आदिमें प्रयुक्त)।

chrismal a. अभिषेक-सम्बन्धी (बपतिस्मामें), पवित्र तैलसम्बन्धी (जल-संस्कारमें)।

chrismatory n. पवित्र तैल-पात्र (जल-संस्कारमें)।

chrisom n. जल-संस्कार वस्त्र, बपतिस्माके समयका कपड़ा जो शिशुके मुखपर डाला जाता है; ~-child अभिषिक्त शिशु।

Christ n. त्राता, खीष्ट, मसीहा; (उपाधि जो अब नाम बन गई है) यीशु, ईसामसीह, ईसा; मोक्षप्रदाता, मोक्षदाता, उन्नायक, प्रेरक, स्वर्गीय शासक; the ~-child बच्चेके रूपमें ईसा।

Christ-cross-row, criss- nn. (प्रा०) वर्णमाला।

christen v.t. & i. बप्तिस्मा देना; खीष्ट धर्ममें दीक्षित करना, ईसाई बनाना, ईसाके नामपर बपतिस्मा देना; बप्तिस्मा देते समय नामकरण करना, उपनाम रखना (*~ him John*); नामकरण करना: जहाज या मकान आदिका विधिपूर्वक नामकरण करना।

Christendom n. ईसाई देश; ईसाई लोग, ईसाई जगत्।

christening n. जल-संस्करण-क्रिया; ईसाई बनानेका कर्म; नामकरण।

Christhood n. मसीहापन, मसीहाई।

Christian n. & a. ईसाका अनुयायी, ईसाके उपदेशोंपर आचरण करनेवाला, ईसाई, ईसामसीहमें विश्वास रखनेवाला; ईसा-सा शीलवान् व्यक्ति; ईसा या ईसाई धर्मसम्बन्धी, ईस्वी (*~ religion*); शिष्ट, सभ्य व्यक्ति, भलामानुस (ग्रा०); ~ burial गिरजेकी विधिसे मिट्टी देना; ~ era सन् ईस्वी (जिसकी गणना ईसाके जन्मकालसे होती है); ~ name ईसाई नाम, बप्तिस्माके समयका नाम; ~ Science ईसाई पद्धति (जिसके अनुसार रोगीकी चिकित्सा उसके ईसाई विश्वासोंके आधारपर की जाती है); ~ Scientist ईसाई पद्धतिसे चिकित्सा करनेवाला।

Christiania n. बर्फ़पर फिसलनेमें शीघ्र रुकनेके लिए पैंतरा या लहराव।

Christianity n. ईसाईपन, ईसाई-विशेषता या चरित्र; ईसाई धर्मानुसार व्यवस्था; खीष्टीय धर्म, ईसाई मत, ईसा और उनके अनुयायियोंके सिद्धान्त, ईसाई धर्म, ईसाइयत, ईसाई मजहब।

Christianization n. ईसाईकरण।

Christianize v.t. & i. ईसाई बनाना।

Christianlike a. ईसाइयों-सा, ईसाईके अनुरूप।

Christless a. बेदीन, बेमसीहा।

Christlessness n. बेदीनी, बेमसीहापन।

Christlike a. मसीहा-सा, मसीहाके समान, ईसाकी तरह।

Christly a. ईसाकी तरह।

Christmas n. बड़ा दिन, ईसाका जन्मोत्सव, २५ दिसम्बर, क्रिसमस (जिसमें परिवार आपसमें मिलते हैं

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS.

और आनन्द मनाते हैं); क्रिसमसके उपयुक्त वस्तु आदि; ~ book, card बड़े दिनका बधाई या शुभकामनाका कार्ड; ~-box बड़े दिनकी उपहार-पेटी; बड़े दिन पर डाकिया या चिट्ठीरसाँ आदिको इनाम; ~ eve बड़े दिनकी पूर्वसंध्या, २४ दिसम्बरकी रात; ~ number बड़े दिनका विशेषांक; ~ present क्रिसमसका उपहार; ~ pudding बड़े दिनका पकवान, बड़े दिनकी पुडिंग (मांस और अन्नका पकवान); ~ rose दिसम्बरसे फर्वरी-तक खिलनेवाला सफेद गुलाब; ~-tide २४ दिसम्बरसे आरम्भ होनेवाला बड़े दिनका सप्ताह; २४ दिसम्बरसे १ जनवरीतक बड़े दिनकी छुट्टी; ~-tree क्रिसमस-वृक्षक, एक सदा हरा-भरा वृक्षक (जो कमरेके भीतर रखा जाता है और उसमें मोमबत्तियाँ, मिठाई, उपहार लटका दिये जाते है);

~carol, ~ dey, ~ pride, festivities.

Christmassy a. क्रिसमस-सम्बन्धी।

Christolatry n. ईसापूजा।

Christological a. ईसाई धर्मशास्त्र-सम्बन्धी।

Christologist n. ईसाई धर्मशास्त्र।

Christology n. ईसाई धर्मशास्त्र।

Christophany n. मरणोपरान्त ईसाके पुनर्दर्शनकी कल्पना; अवतार।

Christy minstrels n. बड़े दिनको हबशियोंका स्वांग भरनेवाला गायक वृन्द, बड़े दिनके भड़ुए।

chromate n. वर्णीय, वर्णिक अम्लका लवण।

chromatic a. ग्रामिक, ऐसा सुर रखनेवाला (जो दुहरी सरगममें सम्मिलित नहीं है); रंगीन, चटकीला, वर्णिक, वर्णीय, वर्णी, चटकीले रंगसे भरा हुआ (~ *adaptation*); ~ printing (ब्लाक बनाकर विभिन्न रंगोंमें की जानेवाली) रंगीन छपाई; ~ scale गीतके सरगम (जिसमें श्रुतियाँ हों); ~ semitone गानकी श्रुति।

chromatics n. वर्णविज्ञान, वर्णज्ञानशास्त्र।

chromatin a. अभिवर्णि, जीवकोष्ठकमेंका जाल।

chromatography n. वर्ण-विचार, राग-चर्चा।

chromatophore n. वर्णिक कोष; रंगाभर, वर्णभर, वनस्पतियोंमें रंग देनेवाला पदार्थ।

chromatosphere n. वर्णमण्डल (सूर्यका)।

chromatype n. रंगीन फोटो; रंगीन फोटो खींचनेकी कला।

chrome n. वर्णधातु, वर्णक, वर्णकपीत (जो लेडक्रोमेट (वर्णीय) से प्राप्त होता है) रण, क्रोम; ~ green, orange, red वर्णक हरि, वर्णक नारंग, वर्णक रक्त, वर्ण (जो क्रोमियम, वर्णधातु, आदि मिश्रणोंसे प्राप्त होते हैं);

~ acid orange, ~ alum, ~ bistre, ~ black, ~ blue, ~ blue-black, ~ bordeaux paste ~ brick, ~ brilliant black, ~ brilliant scarlet, ~ brilliant violet, ~ brown, ~ carmine, ~ cloth blue, ~ cloth red, ~ colour, ~ cyanine, ~ dark green, ~ deep black, ~ deep brown, ~ deep cotton brown, ~ fast black, ~ fast blue, ~ fast bordeaux, ~ fast brown, ~ fast cyanine, ~ fast garnet, ~ fast phosphine, ~ fast scarlet, ~ fast violet, ~ fast yellow, ~ field grey, ~ garnet, ~ iron, ~ iron ore, ~ leather, ~ leather black, ~ leather blue, ~ leather brown, ~ leather deep black, ~ leather fast black, ~ leather fast brown, ~ leather fast yellow, ~ leather jet black, ~ leather yellow, ~ lemon, ~ liquor, ~ milling yellow, ~ mordant, ~ navy blue, ~-nickel, ~-nickel steel, ~ olive, ~ orange, ~ ore, ~ oxide green, ~ patent black, ~ patent green, ~ primrose, ~ printing black, ~ printing orange, ~ printing yellow, ~ prune, ~ rubine, ~ scarlet, ~ spinel, ~ steel, ~ tanning, ~-tin red, ~ turquoise, ~ ulceration, ~ vermilion, ~ violet, ~ worsted blue, ~ yellow.

chromic a. वर्णिक, रागिक, वर्णधातुका (~ *acid*)।

chromite n. वर्णिज, एक खनिज।

chromium n. (रसा०) वर्णातु, वर्णधातु, राग, क्रोमियम;

~ carbonate, ~ chloride, ~ chromate, ~ citrate, ~ family, ~ green, ~ hydroxide ~ nitrate, ~ oxide, ~ phosphate, ~ plating, ~ salt, ~ steel, ~ yellow.

chromogen n. वर्णजन।

chromolithograph, chromo, n. लीथो (पत्थर-की छाप)से छपा हुआ विविध रंगका चित्र, शिलामुद्रलिख।

chromolithographer n. चित्रमुद्रक, रंगोंसे छापने-वाला।

chromolithographic a. रंगोंमें छपा हुआ, लीथोसे छपे हुए विविध रंगके चित्रसे सम्बन्धित।

chromolithography n. शिला-वर्ण-मुद्रण, रंगोंसे छापनेकी कला।

chromophore n. वर्णाणु, रंगका परमाणु।

chromoplasm n. वर्णि-घटन, वर्ण कोष; = CHROMATIN.

chromosome n. (प्राणि०) रंज्यधारक, रंगसूत्र, पित्र्यसूत्र, केन्द्रघटक, वर्ण्यपिण्ड, वर्णगोल।

chromosphere n. दे० CHROMATOSPHERE.

chromotype n. वर्ण-विचित्रण (विधि); = CHROMATYPE.

chromotypography n. वर्ण-विचित्रणा।

chromoxylography n. लकड़ीके ठप्पोंसे छपाई।

chronic a. अविसर्गी, दीर्घस्थायी, पुरातन, जीर्ण, चिरपाती, चिरकालिक, दीर्घकालानुबन्धी (रोगके विषयमें) (~ *fever*); ~ doubt, rebellion पुरातन सन्देह, पराना विद्रोह; ~ invalid जीर्ण रोगी, पुराना मरीज।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

chronicity n. जीर्णता, पुरातनता, स्थायित्व ।
chronicle n. & v.t. वृत्त, विवरण, पुरावृत्ताख्यान, इतिहास; समाचार-पत्रका नाम, पत्रिका; कालानुक्रमसे घटनाओंका वर्णन या अभिलेखन (करना) ।
chronicler n. वृत्तलेखक, इतिहासकार ।
Chronicles n. बाइबिल (प्रथम खण्ड)के दो अध्याय ।
chronogram n. काल-लेख, तिथि-पत्र, पत्रा ।
chronograph n. काल-लिख, काल-लेखक-यत्र, सूक्ष्म रीतिसे समय नापनेका एक सूक्ष्म यत्र; विराम घड़ी ।
chronographer n. काल-लेखक,=CHRONOLOGER.
chronographic a. काल-लेखक यन्त्र-सम्बन्धी, काल-लेखन-सम्बन्धी ।
chronography n. काल-लेखन ।
chronologer n. वृत्तलेखक, इतिहासकार, रोजनामचा लिखनेवाला ।
chronologic, (-al) aa. कालक्रम या वृत्तलेखसे सम्बन्धित, इतिहास कलाका; कालक्रमानुसारी, कालानुसारी ।
chronologically adv. कालानुक्रमशः, कालानुसार, इतिहासक्रमेण ।
chronologist n. कालगणक, कालविश, पुरावृत्तलेखक, ऐतिह्यविद्, इतिहासकार ।
chronologize v.t. वृत्तको तिथिक्रमसे लिखना, वृत्त लिखना, तिथि-पत्र लिखना, इतिहास लिखना, रोजनामचा लिखना ।
chronology n. कालक्रमविज्ञान, कालनिर्धारण विद्या, कालनिर्णय; आनुतिथ्य, कालक्रम; तिथिक्रमपूर्वक घटना-व्यवस्था; तिथि-मानचित्र या पटल (जिसमें घटनाएँ क्रमशः बतायी जाती है) ।
chronometer n. घटी, कालमान, कालमापक, ठीक समय बतानेवाली घड़ी, क्रोनोमीटर ।
chronometric, (-al) aa. कालमापन-सम्बन्धी; कालमापन-यन्त्र-सम्बन्धी ।
chronometry n. कालमापन ।
chronoscope n. काल-वीक्षक (यत्र), समयकी गति-मापनेका यत्र ।
chrysalid n. = CHYRSALIS ।
chrysalis, -id n. (pl. *~ises, ~ids, ~ides*) हेमकोश्या, कोशशायी, कोश-कीट, पंख आनेसे पूर्व कीटावस्थ पतंगा (जैसे तितली); पीत आवरण, (इस स्थितिमें) कीड़ेपरका आवरण; (ला०) प्रारम्भिक या परिवर्तनशील अवस्था ।
chrysanthemum n. (वन०) जापानी गुलदाऊदी (जिसका विकास नवम्बर-दिसम्बरमें होता है), (वन०) हेमपुष्प, शिववन्ती, सेवती, गुलदाऊदी, क्रिसेन्थिमम; land of the ~ जापान ।
chryselephantine n. & a. हेम-हस्तिरद-निर्मित (भूषण), सोने और हाथीदाँतसे बनी हुई (चीज) ।
chrysoberyl n. हेमवैडूर्य, चन्द्रवैडूर्य, विस्फटीयिज, पीताभहरित रत्न या मणि ।
chrysocolla n. ताम्रिज; हरे रंगका ताँबा मिला एक खनिज पदार्थ ।
chrysocracy n. धनिकतन्त्र, सामन्तशाही ।
chrysolite n. लहसुनिया चन्द्रकान्त, हेमाश्म, विभिन्न प्रकारका हरित मणि, क्रिसोलाइट ।
chrysology n. वित्तोत्पत्ति विज्ञान ।
chrysophan n. हेम-दश्, एक रेचक चूर्ण ।
chrysoprase n. हरित्सैकिज, पर्णहेम, हेमपत्र, पीताभ फीरोजा, पुखराज ।
chthonian a. अधोलौकिक, पातालसे सम्बन्धित ।
chub n. नदीकी एक मोटी मछली, चब; *~-faced* स्वस्थमुख, प्रसन्नमुख, स्वस्थ और प्रसन्न चेहरेका ।
chubbed a. स्थूल, हृष्टपुष्ट, मोटा, स्वस्थ और मोटा ।
chubbiness n. गलफुल्लापन, मुटापा ।
chubby a. स्थूलानन, गलफुल्ला; हृष्टपुष्ट, मोटा ।
chuck[1] १. n. & int. घोड़ेको हाँकनेवाला, टख-टख करनेवाला, किट्-किट् करनेवाला; किट्-किट्, ट-ट्, ट्ख्-ट्ख्, कटर-कटर, मुर्गी बुलाने या घोड़े हाँकनेका शब्द; २. v. i. टख् टख् करना; किट्-किट् करना, घोड़ेको हाँकना, मुर्गियोंको बुलानेकी आवाज करना ।
chuck[2] n. प्यारा, यार, पट्ठा, प्यार-दुलारका शब्द ।
chuck[3] १. n. झटका; २. v.t. झटकाना (जैसे *~ under the chin*); परे फेंकना, फेंकना, डालना; *~er out* धक्के देनेवाला, निकालनेवाला; *~-farthing* गुच्ची-पाला, (ग्रा०) वह पैसा (जो खेलमें बाजीके लिए फेंकते है); the *~* (ग्रा०) विदाई, छुट्टी (*give one the ~*); *~ away* खोना, बरबाद करना (अवसर आदि); *~ it* इसको छोड़ दो, जाने दो, बन्द करो; *~ out* बहिष्कृत करना, गर्दनसे पकड़कर निकाल देना, निकाल बाहर करना, निकालना, बाहर करना, धक्के देना; *~ up* घृणापूर्वक त्याग देना, तंग आकर छोड़ना, छोड़ देना; *~ up the sponge* प्रयत्न या उद्योग या संघर्ष त्याग देना; भाग जाना; हाथ धो बैठना ।
chuck[4] १. n. खरादकी टेक, ओट, ओटा (जिसपर लकड़ी रखकर खरादते हैं), ठिया, चाक, चक्का; २. v.t. (लकड़ी आदि) खरादपर जमाना, टिकाना ।
chuck[5] (ग्रा०) खाद्य, आहार; *~-wagon* ⊙ खाद्य-गाड़ी या आहार गाड़ी (जिसके साथ मार्गदर्शक रहते हैं); hard *~* (नौवि०) जहाजी बिस्कुट ।
chuckle १. n. मुर्गियोंकी कटर-कटर, किट्-किट्; निरुद्ध हँसी, बन्द हँसी; अवज्ञापूर्ण हँसी; हर्षोद्गार; मुर्गियोंके हाँकने या बहोरनेका शब्द; २. v.i. किट्-किट् करना, मुर्गियोंकी आवाज निकालना; हँसी रोककर हँसना, मुँह बन्द करके हँसना, मन-ही-मन या मुँह छिपाकर हँसना; हर्षके लक्षण प्रकट करना; तिरस्कार या अवज्ञाकी हँसी हँसना; किसीको परास्त कर हर्षित होना ।
chuckle-head n. *~-headed* a. मूर्ख व्यक्ति, मूढ़, ठस, गावदी ।
chuckling १ a. प्रसन्न २. n. = CHUCKLE n.
chucky n. प्यारा बेटा ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

chuddar n. चादर, चद्दर, दुपट्टा।

chuff n. विदूषक; हास्यास्पद गँवार व्यक्ति।

chuffy a. उच्छृङ्खल कपोलवाला व्यक्ति; सूजा हुआ; नाराज, रुष्ट; विदूषकीय।

chukker n. (पोलोका) दौर, बाजी, चक्कर।

chum १. n. समवयस्क, प्रियसुहृद, सखा, घनिष्ठ मित्र, दोस्त, यार; २. v.i. घनिष्ठ होना; साथ रहना, एक घरमें रहना, एक कमरेमें रहना; new ~ नवागन्तुक, नवयुवक, नया अधिवासी; बुद्धू; ~ *up* (बोल०) घनिष्ठता बढ़ाना, मेलजोल बढ़ाना; ~ *up with* घनिष्ठ मित्रता होना, घनिष्ठ होना, गहरी दोस्ती होना।

chummage n. दो या दोसे अधिक व्यक्तियोंका एक कमरेमें निवास; नवीन मित्रसे माँगा गया उपहार।

chummery n. घनिष्ठता; सौहार्द; सुहृत्कक्ष।

chummy १. n. सखा, सुहृद, मित्र, साथी, यार; थोड़ेसे व्यक्तियोंके लिए मोटरकारका सटा हुआ ढाँचा; २. a. मिलनसार, मेली।

chump n. लकड़ीका कुन्दा; मांसखण्डका मोटा भाग, बकरीकी पुट्ठ; (बोल०) सिर; (ग्रा०) मूर्ख, बुद्धू।

chunk n. (बोल०) फाँक, मोटा टुकड़ा, कतला (लकड़ी, रोटी, पनीर आदिका); ढेला।

chunky ⊙ a. पुष्ट, प्रबल, दृढ़ अंगवाला, दबंग।

chupatty n. चपाती, रोटी।

church[1] n. गिरजाघर, गिरजा, कलीसा, ईसाइयोंका धर्म-मन्दिर, चर्च; ईसाई सम्प्रदाय, ईसाई लोग, ईसाई, ईसाईधर्मके अनुयायी, किसी कालका संघटित ईसाई समाज (*primitive C*~ आरम्भिक ईसाईधर्म-संस्था); धार्मिक संघ; विद्रोही या भेदक सिद्धान्त (*reformed C*~); सामूहिक पूजा; धार्मिक व्यवसाय, पेशा, पादरियोंकी वृत्ति, पुरोहिताई; ~man पादरी; गिरजा संस्थाका सदस्य; ~manship गिरजेकी सदस्यता; ~ militant ईसाईधर्मका योद्धा, सलीबी सिपाही; C~ of England (पोपका अधिकार न माननेवाला) इंग्लैण्डका राष्ट्र-धर्म; ~-rate गिरजा-कर, गिरजेका चन्दा; ~ service वन्दना (पुस्तक); ईसाइयोंकी उपासना या संध्या; ~-text समाधिलेख; ~ warden गिरजेका निरीक्षणाध्यक्ष; मृत्तिका-निर्मित सुदीर्घ नल; ~woman गिरजेकी सदस्या; ~yard शवाधिस्थान, गिरजेका कब्रिस्तान, गिरजेसे मिला हुआ समाधि-प्रांगण; ~yard cough जानलेवा खाँसी; Established C~ राजधर्म, शासन द्वारा मान्य गिरजा-संस्था, शासकका गिरजा; fat ~yard मुर्दोंसे भरा हुआ कब्रिस्तान; high, low, broad ~ ईसाइयोंके विभिन्न-वर्ग, सम्प्रदाय, उच्च, लघु, विशद गिरजा; *go into the C*~ धार्मिक व्यवसाय ग्रहण कर लेना, पादरी बन जाना; *go to* ~ गिरजेकी उपासनामें सम्मिलित होना, गिरजेमें जाना; *poor as a* ~ *mouse* अत्यन्त कंगाल; *the nearer the* ~ *the farther from God* चिराग तले अँधेरा।

church[2] v.t. (प्रसवके बाद प्रसूता या जननीको) गिरजाघरमें (प्रार्थनाके लिए) लाना, पूजा कराना।

churchify v.t. अन्ध श्रद्धालु या कट्टर गिरजावादी बनाना।

churchiness n. गिरजावाद, कट्टरता।

churching n. चर्चमें भेंट चढ़ाना, पूजन।

churchism n. गिरजावाद, गिरजा-प्रेम, चर्चका सिद्धान्त।

churchless a. गिरजारहित, बिना कलीसा, बेगिरजा।

churchward(s) adv. गिरजेकी दिशामें, गिरजेकी ओर।

churchy a. गिरजाभक्त, कट्टर गिरजावादी।

churinga n. जातीय चिह्नयुक्त तावीज (आस्ट्रेलियाके आदि निवासियोंका)।

churl n. कृपण, अनुदार व्यक्ति, कंजूस, मक्खीचूस; असभ्य, अधम, निम्न (*gentleman or* ~); गँवार, देहाती; अशिष्ट, लण्ठ, अनघड़, उजड्ड आदमी।

churlish a. अशिष्ट, उजड्ड, अक्खड़, गँवार।

churlishness n. कृपणता, कंजूसी; अशिष्टता, गँवारपन, उजड्डपन।

churn १. n. आलोड़न, विलोड़न, मन्थन, मथन; मन्थनदण्ड, हलोनी, मथनी, मथानी, रई, मक्खन निकालनेकी मशीन; २. v.t. & i. मन्थन करना, मथना, बिलोना, झाग उठाना, फेन निकालना, मक्खन निकालना, तरल पदार्थको झकझोरना, हिलाना; इधर-उधरसे लहरोंका उठना, तूफान आना, जोश आना; ~-dash(er), ~-staff मथनी, रई, मक्खन निकालनेका यन्त्र।

churning n. मन्थन-कर्म, मन्थन, विलोड़न; a ~ एक मथानी, एक घान, एक बारमें जितना मक्खन निकल आवे; ~ stick, रई, मथानी।

churr n. कुञ्जन, चरर-चरर, चीं-चीं, पक्षियोंकी ध्वनिकी नकल करनेकी क्रिया।

churr v. i. चरर-चरर करना, चीं-चीं करना, कुञ्जन करना।

chut int. चटपट, झट, अधैर्यबोधक शब्द।

chute n. (*shoot* भी) फिसलनेवाली गाड़ी; कूड़ा नीचे फेंकनेकी नाली; प्रवणिका, सर्पिका, ढलवाँ नाली; प्रवणसे जलका गिराव, पानीका ढलानपरसे बहाव।

chyle n. पयोलस, पायस, क्षीरिका, पाकरस, अन्नरस, धातुप; पाकाशयस्थ दुग्धरस, रस, (भक्षित वस्तुके पाकस्थलीमें जानेपर उससे उत्पन्न एक प्रकारका श्वेत वर्ण पदार्थ)।

chylifactive a. पयोलसक, धातुपमय, दुग्ध(अन्न)-रसोत्पादक।

chyliferous a. धातुपप्रद, पयोलसवह, दुग्ध(अन्न)-रसवाही।

chylification n. पयोलसन, दुग्ध(अन्न)रसोत्पादन।

chylificatory a. पयोलसनात्मक, धातुप-, दुग्ध(अन्न)-रसमय।

chylify v.t. पयोलसन करना, धातुप बनाना, दुग्ध(अन्न)-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

रस बनाना।
chylous a. पयोलसी, धातुप-, दुग्ध(अन्न)रसका।
chyluria n. पयोमेह, पेशाबमें श्वेत रस निकलनेका रोग।
chyme n. आमरस, आम, आँव, फेन, भोजनका (आमाशयमें) अम्ल।
chymification n. आमीकरण, आँव बनना, पेटमें भोजनका अम्ल रूप होना।
chymify v.t. & i. आमीकरण करना, आँव बनना या बनाना, भोजनका अम्ल रूप धारण करना।
chymous a. आमीय, आँवका, अम्ल रूपका।
ciborium n. बल्यपर्णांग, एक घास; एक खास किस्मका बर्तन (गिरजाघरमें)।
cicada, cicala, cigala n. सूकीट, चिश्चिर, किचमिच पतंग, टिड्डा, टिड्डी, सिकेडा।
cicatrice, cicatrix n. (pl. *~ices*) किण, क्षतचिह्न, अंगूर, पपड़ी, घाव सूख जानेपर चोटका निशान, दाग, गूदा; (वन०) वृक्षपरसे बिलकुल उखड़ जानेका चिह्न; बीजका वृन्त, पत्ते झड़ जानेपर शेष चिह्न।
cicatricial a. किण-, व्रणयुक्त, दागी।
cicatricose a. किण-, व्रणयुक्त, दागदार, दागों भरा।
cicatricula n. अण्डपीतकिण, अण्डेकी जरदीमें एक चिह्न-विशेष।
cicatrisive a. किणवर्धक, किणयुक्त।
cicatrix n. = CICATRICE.
cicatrization n. किण बनना, व्रणशोषण, व्रणरोपण, ज़ख्मका भराव।
cicatrize v.t. & i. आरोग्य होना; किण बनना या अंगूर आना, पपड़ी आ जाना, घाव पूजना, जख्म भरना; दाग डालना।
cicely n. पुष्पमय पौधोंके प्रकार (*sweet, wild, rough, ~*)।
cicer a. चणक, चना।
cicerone १. n. (pl. *~oni*) परिचालक, प्रदर्शक, पुरातत्त्वका मार्गदर्शक, अगुआ, दिखाने और बतानेवाला; २. v.t. मार्ग-प्रदर्शन करना, राह बताना।
Ciceronian n. (रोमका व्याख्याता) सिसरोकी कृतियोंका पण्डित या प्रशंसक; सिसरो-सा प्रशस्त, सिसरो जैसा प्रवाहयुक्त; शास्त्रीय, पाण्डित्यपूर्ण।
Ciceronianism n. सिसरोकी (सी) शैली।
cichlid n. नीडमत्स्य, एक बड़ी रीढ़दार मछली।
cichorium n. काशिनी, कासनी।
cicisbeism n. परदारानुरक्ति, परस्त्रीगमन।
cicisbeo n. परस्त्रीगामी, परदारानुरक्त, छिनरा।
cid n. वीर पुरुष; सेनापति; नेता, दलपति; the C~ एक स्पेनीय सरदार (Ruy Diaz ११वीं शती)की उपाधि।
cider n. उत्कोलिरा, सेबका आसव, सेबकी शराब (*~ vinegar*); *~-cup* सेबकी शराबका प्याला; *~-press* सेब-निचोड़, सेबका रस निकालनेका यन्त्र; *~ brandy*, *~ gum*, *~ hydrometer*.
ciderkin n. उत्कोलिरा, उत्कोल-प्रद्राक्षिरा, सेबका आसव।
cierge n. सिक्थदीप, मोमबत्ती (गिरजाघरमें जलायी जानेवाली)।
cigar n. धूमवर्ती; चुरुट, सिगार; *~-holder* नलकी, चुरुटकी मुँहनाली; *~-shaped* सिगारके आकारका, सिगारका-सा।
cigarette n. धूमवर्तिका, सिगरेट (*~ tin*)।
cilia n. पक्ष्म, नेत्रलोम, रल्लक, बरौनी; (श० र० शा०) बाल, ऊन, रोम, रोएँ, लोम; पत्तियों या कीड़ोंके अन्तर्वर्ती तदाकार सूत, गलमुच्छे।
ciliaris a. (वन०) पक्ष्मल, रोमयुक्त।
ciliary a. पाक्ष्म, पक्ष्म-, पक्ष्मवत्, पक्ष्मीय, अक्षिरोमीय, बरौनी-सा।
ciliate(d) aa. पक्ष्मल, पक्ष्मवत्, बरौनीवाला, रोमयुक्त।
ciliation n. पक्ष्मलता, रोमयुक्तता।
cilice n. रोमवस्त्र, ऊनी वस्त्र (जो पश्चात्तापकालमें पहना जाता है)।
cilicious a. रोमवस्त्रसे सम्बन्धित।
ciliform a. पक्ष्मरूप, बरौनी जैसा।
ciliograde a. (जीववि०) पक्ष्मगामी, बरौनियोंके बल चलनेवाला।
Cimbric a. & n. सिम्बरी (उत्तर जर्मनी)के निवासी, सिम्बरी भाषा।
cimex n. मत्कुण, एक प्रकारका खटमल।
Cimmerian a. सिम्मरी देशका (जहाँ, कहते हैं, कभी प्रकाश नहीं होता था); घोरकृष्णवर्ण, घना अँधेरा, गाढ़ा, गहरा, उदास, बहुत ही अँधेरा (रात्रि, अन्धकार आदि)।
cimolite n. खटी, एक अच्छी मिट्टी (खास किस्मकी)।
cinch[1] n. (अ०) सुनिश्चितता; निश्चित तथ्य, पक्की बात⊙; (मेक्सिकोमें) घोड़ेके साजकी पेटी; मजबूत पकड़⊙; ताशका एक खेल।
cinch[2]⊙ v.t. मुट्ठी बाँधना, जोरसे पकड़ना।
cinchona n. वितप, ओषधीय वृक्ष-विशेष (जिसकी छालसे कुनैन तैयार होती है); सिनकोना; सिनकोनाकी छाल;
~ bark, *~ febrifuge*, *~ febrifuge pills*, *~ plantations*, *~ preparation*.
cinchonaceous a. सिनकोनादार, सिनकोनावाली; कुनैनकी तरह।
cinchonate n. वितापीय, कुनैनका नमक।
cinchonic a. वितापिक, कुनैनका, सिनकोनिया।
cinchonine n. वितापी, कुनैन, सिनकोनीन।
cinchonism n. वितापिता, अतिसेवनसे सिनकोनाजन्य विकार, सिनकोनाका प्रभाव।
cinchonize v.t. सिनकोनासे प्रभावित करना, सिनकोना देना, कुनैनसे इलाज करना।
Cincinnatus n. कार्यनिवृत्त देशभक्त (जिसे संकटके समय देशके लिए फिर बुलाया जाये), सिनसिनेता।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

cincture १. n. रशना, कांची, मेखला, कटिबन्ध, वेष्टनी, पेटी, कमरबन्द, पट्टका, पट्टी; घेरा, घेर; २. v.t. मेखलाबद्ध करना, पट्टका बाँधना, पट्टी बाँधना; घेरा डालना, घेरना।

cinder n. अग्न्युच्छिष्ट, धातुका मैल; अंगार, अधजला कोयला; (बहु०) भस्म, राख; ~-path भस्मावृत पथ, राख-बिछा मार्ग; ~-sifter कोयलाछलनी, अधजले कोयलोंको राखसे निकालनेकी छलनी।

Cinderella n. उपेक्षिता या अनादृता नारी, उपेक्षित व्यक्ति; ~ dance या ~ अर्धरात्रीय नृत्य, बारह बजे राततक होनेवाला नृत्य।

cindery a. कोयलोंसे भरा, भस्मपूर्ण, राखसे भरा हुआ।

cine १. n. = CINEMA; २. a. चलचित्र-, फिल्मका; ~ blue, ~ camera, ~ green, ~ movie, ~ orange, ~ red, ~ scarlet, ~ yellow.

cinema n. छविघर, सिनेमाघर, सिनेमा (~ company); the ~ चलचित्र, चलते-फिरते चित्र, सिनेमा; ~ equipage, ~ film, ~ house, ~ machinery, ~ operator, ~ project, ~ projector, ~ show, ~ slide, ~ theatre, ~ van.

cinematograph १. n. चलरूपित्र, चलचित्र-दर्शित्र, चलचित्रदर्शक-यन्त्र, सिनेमाकी मशीन; २. v.t. चलचित्र (फिल्म) लिखना या बनाना; v.i. चलचित्रदर्शक यन्त्रका व्यवहार करना।

cinematographer n. चलरूपित्रिक, चिलचित्रकार।

cinematographic a. चलचित्र-सम्बन्धी।

cinematography n. चलचित्रकी, चलचित्रण, सिनेमैटोग्राफी।

cineraria n. भस्मवर्णा, (शीशेमें सुरक्षित रूपसे उगाया जानेवाला) एक पुष्प वृक्ष, सिनेरेरिया।

cinerarium n. भस्मगृह, अस्थिशेष-मन्दिर।

cinerary a. भस्मसंक्रान्त, अस्थिशेष-सम्बन्धी, भस्मका (~ *urn*)।

cineration n. भस्मीभूत होनेकी स्थिति।

cinerator n. भस्म करनेवाला, भ्राष्ट्र, भट्ठी, चिता।

cinereal a, भस्मवत्, भस्ममय, राखकी तरहका।

cinereous a. भस्मधूसर, भस्मवर्ण, भस्मवत्, भास्म, भस्मतुल्य, राखके रंगका।

cineritious a. धूसर, राखके रंगका; नाड़ीतन्त्रीय धूसर पदार्थका।

Cingalese, Sin(g)halese १. n. सिंहलका नागरिक, सिंहलकी भाषा, सिंहली; २. a. सिंहलका।

cingulate a. मेखलित, परीत, सीमित, छेंका हुआ।

cingulum n. मेखला, करधनी, पेटी।

cinnabar १. n. रक्तपारद, हिंगुल, शिंगरफ, सिन्दूर, सिनेबार (~ *green*) २. a. हिंगुलीय, शिंगरफी, शिंगरफ जैसा, शिंगरफका।

cinnabaric a. हैंगुल, शिंगरफी, सिन्दूरी।

cinnabarine a. हैंगुल, शिंगरफी, सिन्दूरका बना हुआ (पदार्थ)।

cinnamate n. सिनेमेट, दारचीनीका नमक।

cinnamic a. दारुसितिक, दारचीनीका।

cinnamon १. n. दारुसिता, दारचीनी; २. a. दारचीनीके रंगका, पक्का पीला, भूरा; ~ bear उत्तरी अमेरिकाका भूरा भालू; ~-stone दारचीनीके रंगका कीमती पत्थर (जो लाल या भूरा होता है); ~-bark, ~-bark oil, ~-bellied nuthatch ~ brown, ~ fern, ~-head green pigeon, ~-leaf oil, ~ oil, ~ tree-sparrow, ~ water.

cinnamonic, -al aa. दारुसितिक, दारचीनी-सा, दारचीनीका।

cinnamyl n. दारुसितल, दारचीनीका तेल (~ *alcohol*)।

cinque, cinq n. पाँसा, पंजी, पँजड़ी, पाँसे या ताशकी पंजी।

cinq(ue)foil n. (स्था०) पंचपर्णी, पंजपत्ती, पंचदलीय स्तम्भशीर्ष; पँचपतिया (पाँच पत्तियोंका) पौधा।

Cinque Ports n. सुविधाप्राप्त इंग्लैण्डके दक्षिण-पूर्वी पाँच प्राचीन बन्दरगाह।

cinque-spotted a. पंचलक्ष्म, पाँच चिह्नोंवाला।

cipher[1], cy- n. गूढ़लिपि, गुप्तलेख, गूढ़लिपिका ढंग या नियम या कुंजी; अरबीका कोई अंक; शून्य (०); महत्त्वहीन वस्तु या व्यक्ति, निरर्थक, व्यर्थ, लचर; हारमोनियमके पर्देकी खराबी; सकुद्वर्ण नाम, व्यूताक्षर नाम, किसी नामके प्रथमाक्षर द्वारा बनाया हुआ अभिधेय संकेत या प्रतीक।

cipher[2], cy- v.t. & i. गूढ़ लिपिमें लिखना; अंकगणितका अभ्यास करना, गणित करना, हिसाब करना, सवाल निकालना; अंकगणित पद्धतिसे जोड़ना, फैलाना, हिसाब लगाना; बिना बजाये बजते जाना।

ciphering n. गूढ़-लेखन-कला।

cipher-key n. गूढ़-लेखन कुंजिका, संकेत-व्याख्या।

cipolin n. पलाण्डुकाश्म, एक चितकबरा हरा पत्थर।

cippus n. स्मारक-स्तम्भ।

circ n. (इति०) प्रस्तर-वृत्त, पत्थरी गोला।

Circe n. मायाविनी, जादूगरनी, फाफाकुट्टनी।

Circean a. मनोहर, आकर्षक, मोहक, मायावी।

circensian a. सरकस-सम्बन्धी।

circinate a. अग्रवलित, घोंघेदार, चक्करदार।

circle[1]* n. परिधि, वलय, मण्डल, चक्र, वृत्त*, गोला, दायरा; ग्रहकक्षा, परिभ्रम, क्रान्तवृत्त; (साधारण) परिवेष्टन, गोल घेरा; कुण्डल, अँगूठी; (थिएटर आदिका) वर्तुल आसनबन्ध (*dress* ~); (पुरा०) पाषाणयुगका पाषाण-वलय, पत्थरोंकी अँगूठी; प्रदक्षिणा, परिक्रमा, चक्कर*, वर्तनी (*come full* ~); (जिमनैस्टिकमें) मण्डल, चक्राकृति; पूर्ण शृंखला, क्रम; (तर्क०) चक्रवाद, हेत्वाभास (जिसमें आश्रित तथ्यको प्रमुख तथ्यकी सिद्धिके लिए प्रमाण बनाया जाये); क्षेत्र, कार्यक्षेत्र, प्रभावक्षेत्र, वायु-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

मण्डल; (परस्परोत्तेजक) क्रियाप्रतिक्रिया (*vicious* ~); गोष्ठी, परिषद्, मण्डल, मण्डली, चक्र (*first, upper, study,* ~*s*); Antarctic C~ दक्षिणी वृत्त; Arctic C~ उत्तरी वृत्त; *reasoning in a* ~ साध्यवस्तुको तर्कका आधार मानकर चलना; *square the* ~ दुस्साध्यके पीछे पड़ना, असम्भवके लिए यत्न करना; वृत्तके क्षेत्रफलके बराबर वर्ग ज्ञात करना;

C~ Accountant, C~ Auditor, C~ Board, ~ contingent register, ~ gate, ~ headquarters, ~ inspection book, ~ inspection note, C~ Inspector, ~ instructions, ~ map, ~ note-book, ~ rationing office, ~ report, ~ stock-book, C~ Sub-Inspector, C~ Sub-Inspector of Police, C~ Superintendent, ~ system, ~ tournament.

circle[2] v.t. & i. चतुर्दिक् घेरना; (का०) परिवेष्टित करना, घेर लेना, घेरना; प्रदक्षिणा करना, परिक्रमा करना, चतुर्दिक् भ्रमण करना; (सेना०) चक्कर काटकर आक्रमण करना, घूमकर टूट पड़ना, आ पड़ना; (जिमनैस्टिकमें) विभिन्न प्रकारोंसे दण्डके चतुर्दिक् चक्कर लगाना; चक्कर मारना; घूमना, इर्द-गिर्द फिरना (शराब आदिका)।

circled a. वृत्तमय, वृत्ताकार, मण्डलाकार, गोल।

circlet n. वृत्तक, छोटा वृत्त या चक्र; गोल बन्ध या माला; अँगूठी।

circuit n. परिधि, आवर्त्त, चक्र, घेरा, गिर्दा, किसी क्षेत्रको घेरनेवाली रेखा (~ *house* गोल बंगला); विवर्तन, परिवर्तन, परिवर्तन या कार्यकी शृंखला; घिरा हुआ क्षेत्र; परीत्या, परियात्रा, पर्यटन, परिभ्रमण, चक्कर, दौरा, गश्त; एक प्रबन्धके अन्तर्गत सिनेमा या थिएटर आदिकी शृंखला, उपक्रम, श्रेणी; (विशिष्ट जिलोंमें कचहरी लगानेके हेतु न्यायाधीशों या) जजोंका परिभ्रमण; मण्डल; दौरेके बैरिस्टर (*member of a* ~); ईसाइयोंके एक वर्गका धार्मिक जिला (~ *rider*) ⊙; (विद्युत्) परिपथ, विद्युत्-धाराका मार्ग; short ~ लघु-परिपथन, विद्युत्-धाराका छोटा हो जाना, बिजलीकी धाराकी रुकावट।

circuiteer n. परिधि-न्यायाधीश, दौरेका जज।

circuiting n. परिपथन, चक्कर।

circuitous a. अनृजु, चक्रीय, चक्रिल, चक्रमय, मण्डलाकार, चक्करदार, टेढ़ा, पेचीला, फेरका।

circuitousness n. चक्रिलता, कुण्डिलत्व, चक्कर, फेर, घुमाव।

circuity n. विलम्बना, टेढ़ी कार्यवाही (~ *of action*)।

circulable n. परिवाह्य, विवर्तनीय, प्रचार्य, जिसको घुमाया जा सके।

circular n. & a. वृत्तीय, वर्तुल, वलय, वृत्ताकार, वृत्ताकृति, वृत्त-, मण्डलाकार, मण्डल, चक्कर(दार), गोल (~ *asymptote*); वृत्तमें घूमता हुआ (प्रारम्भके ही स्थानपर समाप्त होनेवाला) परिभ्रम या दौरा (~ *tour*); (तर्क०) चक्रवादका प्रयोक्ता; चक्रवाद-सम्बन्धी; परिपत्र-मण्डल, चक्रके व्यक्तियों या ग्राहकोंके नाम पत्र, परिपत्र, गश्ती चिट्ठी (~-*book*); चक्रिल, परिधिवत्, वृत्ताकार, भूमितीय वृत्त या परिधिके समान; ~-letter या ~ परिपत्र, संचार-पत्र, गश्ती चिट्ठी; ~ note गश्ती हुण्डी; ~ saw गोल आरा।

circularity n. चक्रिलता, गोलाई।

circularize v.t. संचार-पत्र भेजना, विज्ञापन देकर प्रचार करना, गश्ती एलान जारी करना।

circulate v.t. & i. परिवहन करना, विस्तारित करना, परिचालित करना, प्रचारित करना, संचारित करना, घुमाना, भेजना, प्रसार करना, फैलाना (किताब, विवरण, निन्दा आदिका); प्रवाहित होना, प्रचलित होना, प्रचार पाना, गतिशील होना, गति करना, दौर चलना, चक्कर मारना, चलना (शिराओंमें रक्त, नलमें पानी, मेजपर शराब, समाचार-पत्र पाठक मण्डलीमें)।

circulated a. परिचारित, घुमाया गया।

circulating a. परिवाही, गत्वर, घूमता, गश्ती (~ *capital*); ~ library गत्वर पुस्तकालय, चलता-फिरता पुस्तकालय; ~ medium परिचारण-माध्यम, विनिमय-माध्यम, चलनका नोट, सोना, सिक्का आदि।

circulation n. रुधिराभिसरण, परिवहन, परिचलन, रक्तवहन, रक्तप्रसार, खूनका दौरा; अभिसरण, परिचरण, परिचालन, चक्र, घुमाव, गश्त (~ *of water*); वितरण, प्रचार, प्रसार (समाचार, पुस्तक आदिका); विक्रीत प्रतियोंकी संख्या; चलन-मुद्रा, सिक्का आदि।

circulative a. गश्ती, चक्करदार, चक्कर देनेवाली।

circulator n. परिवाहक, प्रचारक, संचारक, समाचार, या खबर या सिक्का आदि फैलानेवाला, घुमानेवाला।

circulatory a. परिवाही, रक्तसंचार-सम्बन्धी।

circumambages n. pl. वक्रोक्ति शैली, परिकथन-रीति।

circumambiency n. परिवेष्टन, व्यापन, परिचलन, चक्रिलता, चक्र, चक्कर, घेरा; परिवेश।

circumambient a. परिवेष्टनकारी, परिव्राजी; परिवेष्टक, व्यापी, घेरनेवाला।

circumambulate v.t. & i प्रदक्षिणा करना, परिक्रमा करना, पर्यटन करना, परिभ्रमण करना, परिगमन करना, परिव्रजन करना, गिर्द फिरना, गिर्द फिराना; चक्कर लगाना, घूमना; आवारा फिरना, इधर-उधर फिरना, मारे-मारे फिरना, चक्कर खाना।

circumambulation n. परिव्रजन, प्रदक्षिणा, परिक्रमा, चक्कर।

circumambulatory a. परिव्राजी, परिक्रमी, चक्करदार, चक्कर खानेवाला।

circumbendibus n. (परिहास) वाग्विस्तार, हेरफेरकी बात; पेचीदा ढंग, हेरफेरका ढंग।

circumcise v.t. लिंगाग्रच्छेदन करना, यहूदियों और मुसलमानोंकी धार्मिक संस्कार या शल्यक्रिया द्वारा शुद्धि करना, मुसलमानी करना, सुन्नत करना, खतना करना, काटना (ला० ~ *the heart, passions* आदि)।

circumciser n. सुन्नत करनेवाला, लिंगच्छेदक।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

circumcision n. लिंगाग्रच्छेदन, परिकर्तन, मुसलमानी, सुन्नत, खतना; (गिरजा) खीष्टके खतनेका उत्सवदिवस, १ जनवरी; the ~ (बाइ०) यहूदी, इसरायल।

circumduct v.t. (कानून) व्यर्थ बनाना, रद्द करना।

circumduction n. (कानून) व्यर्थ घोषित करनेकी क्रिया; परिचालन।

circumference n. परिणाह, परीणाह, परिवेष, परिवेश, परिधि, वृत्त, मण्डल, नेमि, घेरा।

circumferential a. परिधीय, पारिवेषिक, वृत्तका, मण्डलका, घेरेका।

circumferentor n. परिधि-माप (यन्त्र), परकार।

circumflex १. n. स्वरित-उच्चारण-चिह्न, स्वरके उच्चारणका अर्द्धचन्द्र-सा चिह्न (जो स्वरके ह्रस्व-दीर्घ होनेका संकेत करता है या उसकी विशिष्टताकी सूचना देता है (ग्रीकमें ~ या ῀, अन्यत्र ^); २. v.t. स्वरित उच्चारण चिह्न लगाना, उक्त चिह्न द्वारा चिह्नित करना, स्वरित उच्चारण करना; ३. a. वक्र, किसी अन्यके गिर्द झुका हुआ; ~ artery, muscle etc. वक्र धमनी, शिरा, पेशी आदि।

circumflexion n. टेढ़ा-मेढ़ा पथ; स्वरित ध्वनिसे उच्चारण।

circumfluence n. परिस्यन्दन, परिस्रव, परिप्रवाह, चौतरफा प्रवाह, चौतरफा बहाव।

circumfluent a. परिस्यन्दिनी, परिस्यन्दी, परिस्रुत, परिगलित, चतुर्दिक् प्रवाही, चौतरफा बहता हुआ।

circumfluous a. प्रवाहशील; जलावृत्त, पानीसे घिरा हुआ; CIRCUMFLUENT.

circumfuse v.t. वेष्टन करना; समाप्लुत करना, परिप्लुत करना, चारों ओर डालना, चारों ओर फैलाना या उँड़ेलना, पानीसे घेरना।

circumfusion n. समाप्लव, परिप्लव, स्रव, चौतरफा बहाव या फैलाव।

circumgyrate v.i. परिभ्रमण करना, चतुर्दिक् फिरना, चक्कर काटना, इर्द-गिर्द फैलना, घूमना।

circumgyration n. परिभ्रमण, घुमाव, चक्कर।

circumjacent a. पर्यन्तस्थ, उपान्तिक, चतुर्दिग्वर्ती, चारों ओर स्थित; चौतरफा, चौतरफी, चारों तरफका।

circumlittoral a. समुद्रतटवर्ती, सागरके किनारेके पासका।

circumlocution n. अतिविस्तार; वक्रोक्ति, वाग्जाल, वाक्प्रपंच, चक्करदार बात, फेरदार बातचीत, पेचीदा बात; वाग्विस्तार, वाक्यविस्तार, असरल भावमें वाक्य-प्रयोग; उड़नझाइयाँ, चकमा, टालनेवाली बात; ~ office मरहट्टी धिस-धिस, फेरदार दफ्तर (जहाँ काम बहुत देरमें और सुस्तीसे हो)।

circumlocutional, circumlocutionary, circumlocutory aa. सवाक्य-विस्तर, बहुवाक्ययुक्त, वक्रोक्तिमय, वाग्विस्तारपूर्ण, अतिकथनपूर्ण, चक्करदार, पेचीदा, हेरफेर या घुमावदार बातोंका।

circumlocutionist n. वक्रोक्तिवादी, वाग्जाली, बातूनी, घुमावदार बातें करनेवाला।

circummured a. प्राचीरित, दीवालसे घिरा।

circumnavigable a. सिन्धुपरिभ्रमणीय।

circumnavigate v.t. जलपथमें चतुर्दिक् भ्रमण करना, पोत द्वारा पृथ्वी-प्रदक्षिणा करना, पोत या जलयानसे चक्कर लगाना।

circumnavigation n. सिन्धु परिभ्रमण, (नौकाद्वारा) प्रदक्षिणाकरण; पृथ्वीका चक्कर लगाना।

circumnavigator n. जलपथमें प्रदक्षिणाकारी, जहाजसे दुनियाका भ्रमण करनेवाला।

circumnutation n. (पेड़ोंकी) परिवृत्ति, सर्वोन्मुखता, घूर्णन, सिर हिलानेके समान घूमनेकी क्रिया।

circumoral a. परिमुख; मुखके चारों ओर रक्खा हुआ।

circumpolar a. (ग० ज्यो०) ~ star, motion आदि; परिध्रुवीय, ध्रुवके आसपासका, क्षितिजसे ऊपर दैनिक कक्षामें (तारोंकी) ध्रुवीय गति या परिध्रुवीय(तारा); (भूगोल०) ध्रुववर्ती, ध्रुवनिकटस्थ, ध्रुवके आसपासका।

circumpose v.t. चारों ओर रखना, परिधारण करना।

circumposition n. परिधारण, चारों ओर रखनेकी क्रिया।

circumrotation n. परिभ्रमण, चक्कर काटनेकी क्रिया, परिसंचलन।

circumscissile a. (वन०) परिस्फोटी, जो गोलमाल तरीकेसे खोला जाये।

circumscribable a. परिवेष्टनीय, चतुर्दिक् गोलाकार रूपमें रेखांकनयोग्य।

circumscribe v.t. सीमाबन्धन करना, सीमाबद्ध करना, सीमारेखा बनाना, घेरना, अहातावन्दी करना; (रेखा०) परिलेखन करना, परिवृत्त खींचना, एक आकृतिके चारों ओर दूसरी आकृति बनाना (जो पहलीका स्पर्श तो करती हो परन्तु काटती न हो); परिमित करना, नियन्त्रित करना, नियमित करना, सीमा स्थापित करना, सीमित करना; तर्कपूर्ण परिभाषा देना।

circumscriber n. सीमा बाँधनेवाला; एक आकृतिके चारों ओर दूसरी आकृति बनानेवाला; परिभाषा देनेवाला।

circumscriptible a. परिसीमार्ह; परिलेखनीय।

circumscription n. (रेखा०) परिवृत्त; सीमाबद्धकरण, परिसीमन, घेर, घेरा, हद्द, हदबन्दी; सीमा, घिराव; सीमित मण्डल; परिभाषा; परिलेखन, परिलेख, मुद्रा आदिपरका लेख।

circumscriptive a. परिलेख्य, परिसीम, बाह्यरूपरेखा बनानेवाला, बाहरी ढाँचा खींचनेवाला।

circumsolar a. सूर्यसन्निकट, परिसूर्य, सूर्यसन्निकट स्थानमें या चतुर्दिक् भ्रमणशील, सूर्यके पास या चारों ओर घूमनेवाला।

circumspect a. समीक्षाकारी, विमृश्य, अवहित,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अप्रमत्त, दक्ष, जाग्रत, सतर्क, सावधान, चौकस, चौकन्ना।

circumspection, circumspectness nn. अवधान, दक्षता, सतर्कता, अप्रमाद, चौकसी, चौकन्नापन, खबरदारी, होशियारी।

circumspective a. सतर्क, सावधान, चौकस, खबरदार, होशियार।

circumstance n. (pl.) परिस्थिति, वातावरण, वह स्थिति (जिसमें कोई क्रिया सम्पन्न हो) हालात, (*in, under the ~s*); (किसी कार्यकी) अवस्था, स्थिति, कारण, स्थान, काल, ढंग, संयोग, दशा आदि (*~s beyond control*); (sing.) समारोह, प्रदर्शन, ठाठबाट, धूमधाम, टीमटाम (*without ~*); वृत्तान्त, वृत्त, विवरण, ब्यौरा; pomp and ~ चाकचिक्य, समारोह, धूमधाम; *under no ~s* कदापि नहीं।

circumstanced a. स्थित, अवस्थामें, दशामें।

circumstantial a. आकस्मिक, सहसा, अवस्थाघटित, अचानक; संयोगात्मक, गौण वृत्तोंपर आश्रित (*~ evidence*); विशद, सविस्तर, विस्तीर्ण, ब्यौरेवार, तफसीलवार (*~ story*)।

circumstantiality n. संयोग; विवरणात्मकता।

circumstantially adv. संयोगवश, अचानक।

circumstantiate v.t. परिस्थितियोंसे सिद्ध करना; यथार्थ वर्णन करना, ठीक-ठीक बताना, जैसेका तैसा बयान करना।

circumvallate v.t. प्राचीरित करना, प्राकार बनाना, प्राचीर बनाना, परिप्राचीरण करना, परिखा आदिसे परिवेष्टित करना, चहारदिवारी निर्माण करना, दीवारसे घेरना।

circumvallation n. प्राचीरण, दुर्गनिर्माण, प्रकारवृत्त, प्राकार, किलाबन्दी, चहारदिवारी, मोर्चाबन्दी।

circumvent v.t. परिवंचना करना, वंचित करना, छल करना, धोखा देना, झाँसा देना, ठगना; जाल फैलाना, जाल डालना, फन्देमें लाना, फँसाना।

circumvention n. परिवंचना, प्रवंचना, छल, धोखा, कपट, झाँसा, फरेब, ऐंचपेंच, जोड़-तोड़; जाल, फन्दा।

circumventive a. जालिया, छली, चालाक, धोखेबाज, चालाकीसे धोखा देनेवाला।

circumvolation n. पर्युड्डयन, चौतरफा उड़ना।

circumvolution n. युग, कालचक्र; आवर्तन, चक्र, घेरा; घूर्णमान् या वक्रगामी पदार्थ; चतुर्दिक् घूर्णन, लहरिया चाल, साँपकी-सी चाल।

circumvolve v.t. & i. आवर्तन करना; चारों ओर घूमना, चक्कर काटना, चक्कर खाना; घुमाना, फिराना, चक्कर खिलाना।

circus n, कौतुकागार, प्रतियोगिताका स्थान; पहाड़ियोंकी रंगभूमि; चौक, चौराहा; रंगमण्डप, घोड़ों या सवारी आदिका गश्ती प्रदर्शन, सरकस; अण्डाकार या गोल अखाड़ा, दंगल।

cirque n. गह्वरा, क्रीड़ागार, रंगभूमि, गोल रंगमंच (मुख्यतया का० और भाषण०में); गोल मैदान।

cirrhosis n. नारंगरुजा, अधितन्तुरुजा, यकृत् (गुच्छ) रोग, जिगरका पीलिया रोग।

cirri n. pl. of CIRRUS.

cirriferous a. संजनीजन, घनमय, घूँघरवाला, लच्छेदार, गुच्छल।

cirriped, -ede, n. कुन्तलपद, एक प्रकारका समुद्री जीव, घोंघा।

cirro-cumulus n. अलका-पुंजमेघ, मेघावरण, मेघपुंज।

cirrose, cirrous aa. कुंचित, लच्छेदार, घुँघराले, घूँघरवाला, पेचदार; सूतदार, सुतली जैसा, कुन्तल जैसा।

cirro-stratus n. लच्छेदार मेघ, घन-परत।

cirrus n. (pl. *~i*) लताप्रतान, बेल; संजनिका, संजनी; रेशा, सूत; (घनवातिकी) अलका-मेघ, कुन्तलमेघ, घनमेघ, गलमुच्छेदार बादल, लच्छेदार बादल, रूई जैसे बादल; (जन्तु०) तार जैसा या बारीक युक्तांश जैसे मछलीके गलमुच्छे या घोंघेके पाँव।

cisalpine a. आल्प्स पर्वतके दक्षिणस्थल, आल्प्स पर्वतके इस पार।

cisatlantic a. 'अतलान्तिक' महासागरके इस पारका।

ciselure n. उत्खान, उत्कीर्णन-कला, खुदाईका काम।

cismontane a. पर्वतके इस ओर।

cispadane a. पो नदीके इस पार।

cissoid n. चाप, तोरण, महराव।

cissy n. क्लैण पुरुष, जनाना आदमी, स्त्रियोंकी-सी आदतोंवाला आदमी।

cist n. (पुरा०) पूर्वकालीन प्रस्तरनिर्मित समाधि, प्रागैतिहासिक पाषाण या वृक्ष-कोटर या खोखका शवाधार, पवित्र बर्तनोंका सन्दूक, पत्थर या लकड़ीका ताबूत।

Cistercian n. & a. संन्यासी, Cistercium या Citeaux में स्थापित Benedictines की कट्टर शाखाका (साधु, भिक्षु)।

cistern n. जलाधार, जलाशय, कुण्ड, कुण्डी, टंकी, पानीका हौज (सरोवरके लिए, ला० भी)।

cistus n. गिरिपाटल, लाल या सफेद फूलवाली झाड़ी-विशेष, किस्टस।

cit n. नागरिक (निन्दार्थमें)।

citable a. तलब किये जाने योग्य; उद्धरणीय, उद्धरण योग्य।

citadel n. दुर्ग, गढ़, गढ़ी, कोट, किला; नगरका रक्षाकेन्द्र, दल या विश्वास या मत आदिकी अन्तिम शरण।

citation n. आह्वान, उपस्थित होनेके लिए राजकीय आमन्त्रण, तलबी, बुलावा; उद्धरण, सन्दर्भ, प्रसंग; सरकारी पत्र-व्यवहारमें चर्चा।

citatory a. उद्धरण-सम्बन्धी; अधिक उद्धरण देनेवाला, उदाहरण देनेका आदी या शौकीन।

cite v.t. प्राह्वान करना, आदेशपूर्वक बुलाना, तलब करना, समन जारी करना; प्रोद्धरण देना, उद्धरण देना, उद्धृत करना, सन्दर्भित करना, उदाहरण रूपमें कहना; उल्लेख करना, हवाला देना ⊙।

cited a. उदधृत, सन्दर्भित, उल्लिखित, आहूत, जिसका

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

हवाला दिया गया हो।

cithara n. प्राचीन यूनानी वीणा, सितार।

citharist a. & n. वीणामें प्रवीण, वीणावादक।

cither n. मध्ययुगीन सितार।

cither(n), cittern n. (प्रा० या का०) बीन, सितार, एक प्रकारकी वीणा, एक प्रकारका सितार।

citied a. नगरका, शहरवाला; नगरायित, (बस्ती) जो शहर बना दी गयी हो।

citigrade a. शीघ्रगतिक, द्रुतगामी, तेज घूमनेवाला।

citizen n. जानपद, नागरिक (~ *of India*), सन्निवासी, अधिवासी, निवासी, वासी ⊙; प्रजा ⊙; राष्ट्रिक, किसी राज्यमें बस जानेवाला या उसका मूल निवासी; (प्रायः ~ *of the world* सार्वभौम, विश्व नागरिक); नगरनिवासी, शहरी।

citizenhood n. नागरिकता; निवासिता; शहरीपन।

citizenise v.t. नागरिक बनाना।

citizenry n. नागरिक, नागरिक जनता; नागरिक संघ।

citizenship n. नागरिकता, नागरिक अधिकार; अधिवास।

citole n. एक मध्यकालीन वाद्य-यन्त्र।

citrate n. निम्बु-लवण, निम्बवीय, जम्बीरीय, नीबूका नमक, अम्लक्षार विशेष, साइट्रेट।

citric a. (रसा०) जम्बीरिक, निम्बवीय, नीबूका (तेजाब ~ *acid*)।

citrifolius a. निम्बुपर्ण, नीबूकेसे पत्तेवाला।

citriform a. निम्बुरूप, नीबूके आकारका।

citril n. एक गान-विहग (इटलीका)।

citrine a. मध्यपीतारक्त, निम्बु-रंगी, नीबूके रंगका; पीतस्फटिक।

citron n. निम्बु, जम्बीर; बीजपूर, बिजौरा; तुरंज, चकोतरा, गलगल; निम्बुवर्ण, नीबूका रंग।

citrus n. निम्बु-प्रजाति, नींबू, जम्बीर, नारंगी, चकोतरा आदि।

city n. शासन द्वारा नगर घोषित की गयी बस्ती; पुर, नगर, शहर; बड़ा कस्बा (जहाँ बड़ा गिरजा हो); ~ article समाचारपत्रमें अर्थविषयक लेख; ~ company प्राचीन शिल्प-व्यवसाय-संघका प्रतिनिधि-निगम; ~man व्यापार या आर्थिक काम करनेवाला (नगर-निवासी); C~ of God, Celestial C~, Heavenly C~ स्वर्ग, वैकुण्ठ; Eternal C~, C~ of the Seven Hills रोम नगर; Holy C~ योरुशलम; the C~ लन्दनका व्यापारिक भाग; ~ booking-office, ~ compensatory allowance, ~ corporation, ~ council, C~ Court, ~ elder, ~ election, C~ Engineer, ~ father, ~ forest, ~ house, C~ Inspector, ~ limits, C~ Magistrate, ~ manager, C~ Municipal commitee, ~ municipality, ~ officer, ~ purpose, C~ Superintendent of Police.

cityless a. नगरहीन, बेशहर।

cityward(s) adv. नगरोन्मुख, शहरकी ओर।

civet n. (~ *cat* भी) गन्धमार्जार, मुश्कबिलाव, ओतु, सिविट बिल्ली; मार्जार-कस्तूरी, मुश्कबिलावसे निकली हुई कस्तूरी या मुश्क।

civic a. नागरिकता-सम्बन्धी; जानपद, नागरिक, नगरीय, नागर, नागरिक-सम्बन्धी; नगर-सम्बन्धी, नगरपालिका-सम्बन्धी; नागरिक अधिकार-सम्बन्धी; ~ activity नागरिक कार्य; ~ crown शाहबलूतका हार, प्राचीन रोमका सम्मान (जो युद्धमें किसी सहनागरिकके प्राणरक्षकको प्रदान किया जाता था); ~ virtues नागरिकके धर्म या गुण।

civics n. जानपद शास्त्र, नागरिक शास्त्र।

civil a. जानपद, नागर, नागरिक, पौर (~ *institutions*); शिष्ट, सभ्य (~ *society, life*); नम्र, सुशील, विनीत; असैनिक, गैरफौजी (~ *affairs*); व्यावहारिक, व्यवहारसम्बन्धी; (*C*~, दीवानी *Court*); गैरफौजदारी, व्यवहार- (कानून); सामाजिक, इहलौकिक, सांसारिक, संसार-सम्बन्धी; कानूनी; ~day, year सरकारी या कानूनी दिन या साल; ~ disobedience सविनय अवज्ञा, (भारतमें) लगानबन्दी और कानून न माननेका आन्दोलन; C~ Law नागरिक कानून; कानून दीवानी; व्यवहार-विधि; ~ liberty नागरिक स्वतन्त्रता; ~ list सरकारी अधिकारियोंकी सूची, सिविल-लिस्ट; राजाके गृह-प्रबन्ध और राजकीय वृत्तिके लिए पार्लियामेण्टका भत्ता; C~ Magistrate व्यवहारदण्डाधीश, दीवानी मैजिस्ट्रेट; ~ marriage पौरविवाह, कानूनी विवाह (जसमें जाति-मर्यादाका विचार न हो); ~s आनुकूल्य, अनुग्रह, कृपा; C~ Servant पौर अधिसेवक, जनसेवक, असैनिक पदाधिकारी; C~ Service पौर अधिसेवा, सरकारी नौकरी; असैनिक सेवा; जनपदाधिकारी वर्ग; ~ spirit नागरिक भावना, उत्साह; ~ suit अर्थाभियोग, दीवानी मुकदमा; C~ War अन्तर्युद्ध, गृहयुद्ध; ~ wrong अपकृत्य।

civilian n. & a. जानपदसेवी, जानपदसेवक; प्रबन्ध विभागका कर्मचारी, असैनिक (विभागका कर्मचारी); (*Indian C*~ भी) भारतीय प्रशासन सेवाका सदस्य, इण्डियन सर्विसका सदस्य।

civility n. शिष्टता, शील, विनय, नम्रता, सभ्यता, मनुष्यता।

civilizable a. सभ्यतामय, संस्कारयोग्य, सभ्य बना देने योग्य, सभ्य करने योग्य।

civilization n. संस्कृति, सभ्यता, सभ्य अवस्था, सभ्य दशा; शिष्टता, सामाजिक उत्कर्ष, सामाजिक उन्नति; संस्कृत देश, सभ्य राज्य।

civilize v.t. सभ्यीकरण, सभ्य करना, सभ्य बनाना, संस्कृत करना, शिष्ट बनाना, सुधार करना, सुधारना; ~ *away* सुधार कर लेना, छोड़ देना (बुराइयों, इल्लतों आदिको)।

civilized a. शिष्ट, विनीत, विनयशील, नम्र, सभ्य।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

civilizer n. संस्कारक, संस्कर्ता, सभ्यकर्त्ता, सभ्य बनानेवाला।

civism n. नागरिकता-सिद्धान्त।

civvy n. (ग्रा०) नागरिक; असैनिक।

Civvy Street n. (ग्रा०) नागरिक जीवन।

clabber n. फाड़कर जमाया हुआ दूध; दधि, दही।

clachan n. एक छोटा गाँव, पहाड़ी पुरवा।

clack १. n. कई जनोंकी एक साथ बोलनेकी पटर-पटर आवाज, बड़बड़, किलकिल; खट्-खट्; पम्पका वाल, नलकीका सूराख (जिससे आवाज निकले); २. v. i. बकवास करना, बक-बक करना, बड़बड़ाना, किल-किल करना, किलकिलाना; झनझन या खनखन शब्द करना, कटकट करना, ठकठक करना, खटखट करना।

clad a. वस्त्र-सज्जित, वस्त्र पहिरे हुए।

cladode n. पर्णस्तम्भ; पर्णकपर्व; पत्तेदार टहनी, पत्रशाखा।

cladoptosis n. शाखापात, शाखा-स्खलन, टहनियोंके गिरनेका रोग।

claes n. pl. वस्त्र, परिधान, कपड़े।

claim[1] n. अध्यर्थना, अभियाचना, स्वत्वदावा, अधिकारकी माँग, हक़-तक़ाज़ा (*lay ~ to*); दावा, नालिश; स्वत्व, अधिकार; (खनि० आदि) अधिकृत भूखण्ड (जिसमें एक आदमीको खोदनेकी आज्ञा होती है); ~-jumper अन्यकी अधिकृत खनिज भूमिको स्वायत्त करनेवाला ⊙।

claim[2] v.t. अभ्यर्थना करना, अधिकार घोषित करना, अधिकार जताना, दावा करना, दावेदार होना, तलब करना, हक पेश करना (*~ the victory, accuracy*); न्यायप्रार्थी होना, वादी होना, दावेदार होना; साधिकार कहना, बलपूर्वक कहना ⊙; बल देना, विरोध करना; अधिकारी होना (वस्तुओंके विषयमें); *to establish a ~ to* किसी पर अधिकार सिद्ध करना।

claimable a. अध्यर्थ्य, अभियाचनीय, प्रार्थनीय, आदेशयोग्य, दावायोग्य।

claimant n. अध्यर्थक, अध्यर्थी, अभियाचक, स्वस्वार्थी, वादी, दावेदार, हकदार।

claimed a. ⊙प्रोद्घोषित, उद्घोषित, घोषित; कृत-निर्वाह, धारित, प्रतिपादित; अध्यर्थित।

clairaudience n. (अप्राकृतिक) अतिश्रवण-शक्ति।

clairschach n. पुराने किस्मकी एक वीणा।

clairvoyance n. ध्यानदृष्टि, परोक्षदर्शनकी शक्ति, अतिदृष्टि, असामान्य दृष्टि, (अतीन्द्रिय विषयमें) दर्शनशक्ति।

clairvoyant n. परोक्षदर्शी, भविष्यद्रष्टा, अतीन्द्रिय-विषयदर्शक (व्यक्ति), तत्त्वदर्शी।

clam n. पृष्ठिका, पुटिका, सीपी, कठोर या गोल और नरम या लम्बा एक प्रकारका घोंघा; = CLAMP[1].

clamant a. उच्चचीत्कारविशिष्ट, झाँव-झाँव करनेवाला, किचकिचिया, शोर करनेवाला; आग्रहशील, आग्रही, ज़िद्दी, हुज्जती; अत्यावश्यक, आवश्यक।

clamatory a. दे० CLAMOROUS.

clamber १. n. चढ़ाव; २. v. i. कठिनाईसे चढ़ना; हाथ-पाँवसे चढ़ना।

clamminess n. आर्द्रता, श्लैष्मिकता, लस, लसलसाहट, चिपचिपापन, लिजलिजापन।

clammy a. आर्द्र, गीला, लसलसा, चिपचिपा, लिजलिजा (हाथ, अधपकी रोटी आदि)।

clamorous a. मुखर, उच्चशब्दकारी, कोलाहलपूर्ण, राड़ी।

clamorousness n. मुखरता, उच्चशब्दकारिता, कोलाहलपूर्णता।

clamour १. n. आक्रोश, जनरव, कोलाहल, महारव, शोर, गुलगपाड़ा, हल्ला-गुल्ला, हंगामा; निर्घोष, निनाद; दुहाई; कोलाहल द्वारा विरोध; २. v.t. & i. कोलाहल करना, शोर मचाना, गुलगपाड़ा करना; दुहाई देना, दुहाई मचाना, फरियाद करना; *~ down* शान्त करना, चुप करना; *~ out of, into* गुल मचाके बाहर कर देना, चिल्ला-चिल्लाकर जिच कर देना, कल्ला दबाना।

clamp[1] १. n. सन्धर, शिकंजा, बन्ध, अँकुड़ा, काँटा, कीलक; पत्तर, बलेम्प, पट्टी; २. v.t. शिकंजेमें दबाना या कसना; पत्तरोंसे कसना, पत्तर चढ़ाना, लोहेकी पट्टी लगाना;

~-cell, ~ connection, ~ double-jawed, inclinable ~, trigrip ~.

clamp[2] १. n. ढेर; २. v.t. ढेर लगाना (ईंट आदिका)।

clamped a. सन्धृत, जकड़ा हुआ, कसा हुआ।

clamper n. स्खलनरोध (एक प्रकारका लोहेका टुकड़ा जो बर्फपर फिसलनेसे बचनेके लिए पैरमें बाँधा जाता है), अँकुड़ा।

clan n. गोत्र, जाति, वनजाति; कुटुम्ब, परिजन; कबीला, फिरका; स्कॉटलैण्डके पहाड़ी कबीले।

clandestine a. संगुप्त, प्रच्छन्न, गुप्त, गूढ़, निभृत, रहस्य, अवैध, चुपके-चुपके होनेवाला, चोरी-छिपेका;

~ dealing, ~ importation, ~ leakage, ~ marriage.

clandestinely adv. आँख बचाकर, गुप्त रूपसे।

clang १. n. टन-टन, ठन-ठन, झनकार, झनझनाहट, झनझन शब्द; २. v.t. & i. टनटनाना, ठनठनाना, झनकारना, झनझनाना, झन-झन शब्द करना।

clangorous a. शिंजित, क्वणित, झनकार करनेवाला।

clangour n. टन-टन, ठन-ठन, झनकार आदिकी निरन्तर ध्वनि, तीव्र कर्कश स्वर।

clank १. n. किन-किन ध्वनि, खनखनाहट, झनकार, झनक, झनझनाहट; २. v.t. & i. किन-किन या झन-झन करना (बाल्टी, जंजीर आदिका)।

clannish a. वंशवादी, शाखा या गोत्र या वनजाति या वर्गका भक्त; कबायली।

clannishness a. वंशभक्ति; शाखा, वर्ग, दल, जत्थाबन्दी।

clanship n. यूथसंघटन, दलनिर्माण, जत्थाबन्दी; कबीले

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

के सरदारकी अधीनता; गोत्र-व्यवस्था, परिजन या परिवार-शासन, कबीलेशाही ।

clansman n. सम्बन्धी, स्वजातीय, बिरादरीका आदमी ।

clap[1] n. आघात; भीषण गर्जन; करतलध्वनि, ताली; थप्पड़, थपक, ठोंकना, थपथपाहट (प्रा०) ।

clap[2] v.t. & i. हर्ष और आनन्दसे तालियाँ बजाना; तालियाँ पीटना; ताली बजाना; फटफटाना, फड़फड़ाना (पंख); झटसे करना (कोई काम); ~-net तितली-जाल, चिड़ीमारका जाल या फन्दा; ~ *eyes on* नजर पड़ना, देखना; ~ *on all sail* तमाम पाल खोल देना; ~ *on the back* पीठ ठोंकना, थपकना, शाबाशी देना; ~ *up bargain, peace* बेसोचे समझे सौदा कर लेना, जल्दीसे तय कर लेना; घबराहटमें सुलह कर लेना ।

clap[3] n. (प्रा०) सुजाक, सूज़ाक, गनोरिया ।

clapboard ⊙ n. (=WEATHERBOARD) दे० WEATHER.

clapper n. आहनक; करतालिदाता; घण्टेका लटकन, टन्ना, लोहा; घण्टा-ताड़नी; टिटिरी टू (की ध्वनि चिड़ियोंको उड़ानेके लिए) ।

clapperclaw v.t. दोषान्वेषण करना, छिद्रान्वेषण करना, आलोचना करना, बुरा भला कहना; मारना, नोचना, खसोटना ।

claptrap १. n. प्रशंसाद्योतक भाषा या भाव; वाह-वाहीके लिए कही हुई भाषा या भाव; लोगोंसे प्रशंसा-प्राप्तिका साधन; २. a. प्रदर्शनात्मक, दिखावटी ।

claque n. इलाघा करनेवालोंका जत्था, प्रशंसकवृन्द; प्रशंसकोंको किरायेपर बुलानेकी रीति ।

claqueur n. पण्यप्रशंसक, भाड़ेके साधुवादी; पैसे लेकर प्रशंसा करनेवाला ।

clarabella n. वंशीध्वनिक, वाद्य-संवार, बाँसुरी या बाजेके परदे ।

clarence n. शिकरम, चौपहिया बन्द गाड़ी, क्लेरेन्स ।

clarendon n. & a. एक प्रकारका मोटा (टाइप), क्लैरेण्डन (टाइप) ।

claret १. n. रक्तिरा, फ्रान्सीसी लाल शराब; (प्रा०) रक्त, खून, लोहू; २. a. रक्ताभ, लाल; ~-colour(ed) रक्ताभ, बैंगनी; मछलीका लाल रंगका चुग्गा या चारा; ~ cup बर्फाई हुई क्लैरेट (जिसमें नीबू और ब्राण्डीका मेल हो); *tap* one's ~ घूँसा मारकर नाकसे खून निकाल देना ।

clarification n. स्पष्टीकरण, विमलीकरण, स्वच्छन, सफाई ।

clarifier n. स्पष्टीकरण करनेवाला, विमलीकर; सफाई देनेवाला ।

clarify v.t. & i. विमलीकरण करना, पवित्र करना या होना, परिष्कृत करना, स्वच्छ करना, शुद्ध करना, निर्मल करना या होना (तरल पदार्थ, मक्खन, वायुका); स्पष्टीकरण करना, स्पष्ट करना (जटिल विषय, मन, दृष्टिको); प्रसादगुणयुक्त करना या होना (शा० और ला०, साहित्यिक शैली आदिके लिए) ।

clarinet n. अर्गन बाजेकी खूँटी; शहनाई, अलगोजा, क्लैरिनेट ।

clarinettist n. शहनाई या अलगोजा बजानेवाला ।

clarion १. n. तुरहीकी विशेषतावाले बाजेकी खूँटी; तूर्य, नरसिंहा, तुरही, काहल; उद्बोधक वाणी, प्रोत्साहन स्वर, उभारनेवाले शब्द, जोशमें लानेवाली ललकार, आवाजा; २. a. स्पष्ट और उच्च ।

clerionet n. = CLARINET.

clarity n. शुद्धता, स्वच्छता, निर्मलता, सफाई ।

clarkia n. एक लाल फूलोंवाला फसली पौधा, क्लार्किया ।

clary n. एक सागका नाम ।

clash १. n. संघट्टन, प्रतिघट्टन, समाघात, संघर्ष, विरोध, मुठभेड़, टक्कर, भिड़न्त; बाधा, रुकावट; खटपट; आक्रमण; असामंजस्य; झनकार, झनक, खटाखट, खचाखच, खड़खड़ाहट; २. v.t. & i. संघर्ष करना, टक्कर खाना, टकराना, लड़ना; प्रतिवाद होना, विरोध होना, विरुद्ध होना, खटपट होना; बाधक होना, उलझना, रोकना; आक्रमण करना, टूट पड़ना, हमला करना, झपटना; झनकारना, झनझनाना, टकरानेकी आवाज होना; एक साथ बहुत-सी घण्टियोंका बजाना या बजना; *colours* ~ वर्णोंका विसंवाद या असामंजस्य होना ।

clashing n. भिड़न्त, ठोकर; विरोध, भेद, विचारोंकी भिन्नता; झगड़ा ।

clasp[1] n. आपीडन, ग्रहण, पकड़; युद्ध-पदकके साथका लम्बा फीता; किताबकी जिल्दका कब्जा; आँकड़ा, बकसुआ, काँटा; आलिंगन, क्रोड, आश्लेष, परिष्वंग, परिरम्भण, कोला-कोली; ~ knife बन्द किया जा सकनेवाला चाकू ।

clasp[2] v.t. & i. आँकड़ा लगाना, बकसुआ लगाना; बन्द करना, बाँधना; आलिंगनबद्ध करना या होना; गलबाहीं देना, लिपटना, जकड़ना, गले लगाना, पकड़ना; ~ing root (वन०) श्लिष्ट मूल; ~ *hand* हाथ मिलाना, मेल करना; ~ one's *hand* (हाथकी उँगलियाँ दूसरेके हाथमें डालना) ।

clasper a. जकड़नेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); (जीव०) समालग्नक, नर मछलीके अंग ।

class १. n. श्रेणी, कक्षा, दर्जा, छात्रसमूह ⊙, एक वर्गके छात्र (~-*fellow*, -*mate*); परीक्षाके बाद परीक्षार्थियोंका वर्गीकरण, श्रेणी, डिवीजन (*take a* ~); समाजकी श्रेणी, पदवी, प्रतिष्ठा, पदश्री, संस्थिति, वर्ग-व्यवस्था, क्रम, प्रकार (*higher, upper, working,* ~*es*); जाति-व्यवस्था; (विदेशी सेनाओंमें) किसी वर्षके समस्त रँगरूट (*the 1946* ~); सम्प्रदाय; वैशिष्ट्य, विशिष्टता, विशेष-योग्यता; (प्राकृ० इति०) उच्चतम श्रेणी, वर्ग, भाग (~ *order, family*), समभाग, (ऐसे लोग जिनकी किसी विषयमें समान स्थिति हो); गुण या विशेषताके अनुसार स्थान (*high, low, first, second, third,* ~*es*); २. v.t. वर्गीकरण करना, श्रेणी-विभक्त करना, कक्षाबद्ध करना, कक्षा-क्रमसे करना; ~-book पाठ्यपुस्तक; ~-conscious(ness) वर्गचेतना; ~-fellow सतीर्थ, सहाध्यायी, सहपाठी, एक कक्षाके अतीत या वर्त्तमान साथी; ~-list सफल परीक्षार्थियोंकी सूची; ~man विशेष

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अध्येता, प्रथमश्रेणी पानेवाला; ~room अध्ययनकक्ष; *no* ~ (ग्रा०) बिलकुल क्षुद्र, तुच्छ; *take a* ~ प्रथम श्रेणी प्राप्त करना, प्रतिष्ठा पाना;
~ accommodation, ~ boundaries, ~ control, ~ degradation, ~ frequency, ~ interval, ~ legislation, ~ limits, ~ magnitude, ~-master, ~ name, ~ one, ~ rate, ~ theory, ~ three, ~ two, ~ view, ~ war.

classable a. वर्गीकरणीय, श्रेणीसाध्य ।

classic १. n. उच्च साहित्य, ग्रीक और लैटिन या संस्कृत साहित्य; उत्कृष्ट ग्रन्थ; ग्रीक और लैटिन आदर्शोंका अनुयायी; सर्वमान्य प्रतिभावाला कलाकार या लेखक; ग्रीक और लैटिनका विद्वान्, पण्डित; (pl.) शास्त्रीय अध्ययन; शास्त्रीय ग्रन्थ, उच्च साहित्य; २. a. साहित्यिक सम्पर्कवाला, साहित्यिक जनश्रुतिका (~ *ground*); श्रेष्ठ, अत्युत्तम, उच्चकोटिका; परिनिष्ठित या प्रशस्त या अनुत्तम (ग्रीक और लैटिन लेखक), कला या संस्कृति-सम्बन्धी; प्राचीन ग्रीक और लैटिन युगका; ऋजु, संवादी, सामंजस्यपूर्ण; समाधिगुणयुक्त और सुपरिणत या श्रेष्ठ या ग्रीक और लैटिनकी प्राचीन साहित्यशैलीमें; the ~ races इंग्लैण्डकी प्राचीन घुड़दौड़ें ।

classical a. शास्त्रीय, प्रतिष्ठित (~ *music*, ~ *language*); प्राचीन परिनिष्ठित या क्लैसिक शैलीमें अथवा उक्त शैलीका अनुयायी; ग्रीक और लैटिन पाण्डित्यपूर्ण; परिनिष्ठित ग्रीक और लैटिन लेखकों का, कला-सम्बन्धी; मानक, प्रमाय, परिनिष्ठित, संस्कृत, प्रथमवर्गीय, श्रेष्ठ, प्रथम श्रेणीका, अत्युत्तम, उच्चकोटिके ग्रन्थोंका; ग्रीक और लैटिन या संस्कृतके आधारपर (~ *education*) ।

classicalism n. (प्राचीन ग्रीक और लैटिनकी टकसाली साहित्यशैलीका) पाण्डित्य ।

classicality n. टकसालीपन; ग्रीक और लैटिन या संस्कृत साहित्यकी पद्धति, पाण्डित्य ।

classicism n. ग्रीक और लैटिन साहित्यका पाण्डित्य; ग्रीक और लैटिन शिक्षाका समर्थक या समर्थन; परिनिष्ठित या ग्रीक लैटिन साहित्य शैली या क्लैसिकका अनुसरण ।

classicize v.t. & i. परिनिष्ठित, क्लैसिक शैलीका अनुकरण करना या होना; प्रशस्त या संस्कृत या प्रथम श्रेणीका बनाना, शास्त्रीय बनाना ।

classifiable a. वर्गीकरणीय, श्रेणीविभाजन-योग्य, सम्भाज्य ।

classification n. श्रेणीकरण, वर्गीकरण, श्रेणीविभाजन, सम्भाजन, सम्भागीकरण, क्रमविन्यास, वर्गविन्यास ।

classificatory a. वर्ग-विभाजन-सम्बन्धी, श्रेणी-विभाग-सम्बन्धी ।

classifier n. सम्भाजक, श्रेणीमें रखनेवाला, क्रमबद्ध करनेवाला ।

classify v.t. वर्गीकरण करना, श्रेणीबद्ध करना ।

classy a. (ग्रा०) अत्युत्तम, श्रेष्ठ, सर्वोत्तम ।

clastic a. (भूगर्भ०) दलिक, खण्डयुक्त, टुकड़ोंसे बना हुआ (~ *deformation*) ।

clathrate a. जालाकार, जालीदार ।

clatter १. n. घर्षण-ध्वनि; पट-पट, खड़खड़ाहट; टर-टर, चख-चख; २. v.t. & i. झनझनाहट पैदा करना (रकाबी आदिका); खड़खड़ाना, खटखटाना; कोलाहलपूर्ण बातचीतकी प्रतिध्वनि होना, शोरसे गूँज उठना; टर-टर या चख-चख करना; ~ *along* सड़सड़ करते जाना, खड़खड़ करते हुए जाना, फटफटाते जाना; ~ *down* खड़खड़ाते नीचे गिरना, खट-खट करते नीचे आना ।

clatterer n. बकवादी, बड़बड़िया, किचकिचिया ।

Claude Lorraine glass n. दृश्य-काच, देखनेका शीशा ।

clause n. शब्दबन्ध; पदांश, वाक्यांश, वाक्य-खण्ड; (व्या०) उद्देश्य-विधेययुक्त सहायक शब्द समूह, वाक्य-गठन पद्धतिमें संज्ञा या विशेषण या क्रिया-विशेषणके तुल्य; स्थानक, प्रनियम, परिच्छेद, दफा, शर्त (कानून, ठेका, सन्धि आदिमें); ~ *by* ~ शब्दशः, खण्डशः ।

clausena n. (वन०) सूर्यमुख, सूरजमुखी ।

claustral a. निर्जन; संकीर्ण, तंग; मठ या विहारका-सा, मठ या विहारका ।

claustration n. आश्रम-निवास, एकान्तवास, धर्म-निवासमें सीमित या बन्द करनेका कर्म, सुनसान स्थानमें पड़े रहनेका कार्य ।

claustrophobia n. एकान्त-भय, संकीर्ण अन्धकारमय स्थानोंका आतंक या डर ।

claustrum n. निमस्तिष्क-स्तर, मस्तिष्ककी ग्रन्थियोंकी परत ।

clausular a. वाक्यांशी, पदांश-सम्बन्धी ।

clausus a. संवृत, बन्द ।

clava n. गदा; गदाकृति ।

claval a. गदा-, गदायुक्त, गदावाला ।

clavate a. (वन०) मुद्गराकार, गदावत्, मुट्ठीके समान आकारका ।

clavation n. (श०र०शा०) सन्धियोजन, किसी खोलमें बिठाव ।

clavecin n. एक प्रकारका वाद्य-यन्त्र ।

claver v. i. अनर्गल वार्ता करना, गपशप करना, बकवास करना, टरटराना ।

clavicembalo n. गदातन्त्री, एक तरहका बाजा ।

clavichord n. खूँटियोंवाला प्राचीन तन्तुवाद्य, पियानोका पूर्व रूप, क्लैवीकॉर्ड ।

clavicle n. अक्षक, कण्ठास्थि, हाँस, हँसुली ।

clavicular a. अक्षकीय, हँसुलीदार ।

clavier n. 'पियानो' बाजेका एक पुर्जा ।

claviform a. गदारूप, गदानुमा ।

clavis n. कुंची, कुंजी; भाष्य, अनुवाद ।

claw[1] n. नखर, नख, चंगुल, पंजा; नाखूनदार पाँव, केकड़ेका चंगुल या सँडसी; (व्यं०) हाथ; पकड़ने और कसने आदिका एक यन्त्र; ~-hammer जम्बूरा, मारतौल; ~-hammer coat पर्वपर पहननेका कोट; *pare, cut*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

the ~s of निहत्था करना, हथियार छीनना।

claw[2] v.t. & i. नखराघात करना, पंजे मारना, निछोलना, फाड़ना, खसोटना, नोचना, खरबोटना; चंगुलमें जकड़ना, पंजोंमें पकड़ना; (जलयानका) हवाके रुख जाना; ~back n. चाटुकार, चापलूस, खुशामदी; *~ me and I'll ~ thee* पारस्परिक चाटुकारिता; *~ off* किनारेसे दूर जाना।

clawed a. जम्बूरेदार, सँडसीदार, नाखूनदार, बाँकदार, पंजेदार।

clawless a. नखररहित, बिना पंजेका।

clay n. चिक्कण मृत्तिका, लसदार मिट्टी, पिण्डोर, पिण्डोल; (मानव शरीरका एक तत्त्व) क्षिति; ~-cold बिलकुल ठण्डा, मृत, मुर्दा; ~-pipe मिट्टीका हुक्का या पाइप; yard of ~ मिट्टीका लम्बा पाइप; *cold as ~* मृतक, निर्जीव, संज्ञाशून्य, मरा हुआ; *wet, moisten, one's ~* कण्ठ सींचना, पीना;

~-ball, ~-bed, ~ colour, ~ fraction, ~ ironstone, ~-like, ~ loam, ~ mineral, ~-modelling, ~-pan, ~ particles, ~-pit, ~-ring, ~ schist, ~ slate, ~ tablets, ~ toys, ~ triangle ~ trough, ~-ware.

clayey a. मृण्मय, मिट्टी-सा, मिट्टीका, मिट्टीवाला।

clayish a. मृत्प्रकृति, मट्टीके समान।

claymore n. स्कॉटलैण्डकी प्राचीन दुधारी तलवार; खाँड़ा, दुधारा; एक धारवाली १६वीं शतीकी चौड़ी तलवार, खड्ग।

clean[1]* a. सुन्दर, सुरूप, सुघड़, सुढार, सुडौल, खूबसूरत (जोड़, आकृति); निष्कलंक; परिष्कृत; विमल, शुद्ध*, स्वच्छ*, निर्मल, धूलिरहित, उज्ज्वल, सुथरा, साफ*; (प्रा०) नीरोग, रूढ़िमुक्त या रोगमुक्त; (पशुओं आदिके विषयमें) खाद्य, हलाल, अदनीय, खाने लायक; सफाई-पसन्द, निर्बाध, समशील, समतल, चौरस, यकसाँ, बराबर, हमवार (*~ sweep*); निष्कपट, कुशल, चुस्त, हाथका साफ (*~ fielding*); मँजा हुआ; -श्लील, शालीन; ~ bill हिसाब चुकता, बेबाक; ~-breast खरा; ~-bred कुलीन, शुद्ध रक्तका; ~-fingered रिश्वत न लेनेवाला; ~-handed निष्कलंक, निर्दोष, निष्पाप; ~-handedness निर्दोषता, निष्पापता; ~-hands निर्दोषता, निरपराधता; ~ servant सफाईपसन्द नौकर; ~ slate (ला०) पूर्वग्रहके बिना; ~ tongue अश्लील बातोंसे बचना, गन्दी बातोंसे अलगाव; *make ~ breast of* खोल देना, साफ-साफ कह देना; *show ~ pair of heels* पत्ता-तोड़ भागना, बगटुट भागना, दुम दबाकर भागना;

~ acceptance, ~ advance, ~-bole, ~ cash book, ~ clothing, ~ condition, ~ credit, ~ draft, ~ environment, ~-faced, ~ felling, ~ fibre, ~-hearted, ~-limbed, ~-minded, ~-shaven, ~ timber, ~ wheat.

clean[2] १. n. सफाई, झाड़-पोंछ, झाड़-झटक (*give it a ~*); २. v.t. परिष्कार करना, विशुद्ध करना, माँजना, धोना, मैल निकालना, झाड़ना (गर्द आदि); अपने आपको साफ करना, साफ हो जाना, बदनका मैल दूर करना (*~ up* भी); सफाया करना, साफ कर जाना, खाली करना, बराबर करना; *~ down* पोंछना, ब्रुशसे साफ करना; *~ out* रिक्त हो जाना, दीवाला निकाल देना, खलास हो जाना; *~ up* साफ सुथरा रखना, कूड़ा-करकट दूर कर देना, सलीकेसे रखना; (बोल०) लाभमें पाना।

clean[3] adv. पूर्णतया, सरासर, बिलकुल, साफ-साफ, सफाईसे; ~-bowled साफ आउट (क्रिकेटमें); ~ cut नखशिखसे सुन्दर, सुघड़, सुढार, सुलझा हुआ; ~ gone बिलकुल गायब; ~ mad निरा पागल; ~ wrong सरासर गलत; *cut ~ through* सफाईसे काटकर पार हो जाना।

cleanable a. साफ करने योग्य, साफ होने योग्य।

cleaner n. ⊙झाड़, बढ़नी; साफ करनेवाला, झाड़ देनेवाला।

cleaning n. स्वच्छन, सफाई;

~ charge, ~ cloth, ~ compound, ~ fire, ~-foot, ~ gang, ~ machine, ~ measures, ~ operation, ~ parade, ~ room, ~ soap.

cleanliness n. शुचिता, स्वच्छता, पवित्रता, सुथरा, सफाई-पसन्दी।

cleanly[1] a. शुचि, पवित्र, विमल, स्वच्छ, निर्मल, सफाई-पसन्द।

cleanly[2] adv. स्वच्छतापूर्वक, पवित्रतासे, सुथरेपनसे, सफाईसे।

cleanness n. निरपराधता; पवित्रता, विमलता, स्वच्छता, निर्मलता।

cleansable a. मार्जनीय, शोधनीय, स्वच्छ करने योग्य।

cleanse v.t. परिमार्जन करना, मार्जन करना, शोधन करना, प्रक्षालन करना, शुद्ध करना, साफ करना, झाड़ना, पोंछना, माँजना, धोना; पवित्र करना, दोषमुक्त करना, गन्दगी दूर करना; (बाइ०) स्वस्थ करना, नीरोग करना, अच्छा करना।

cockyolly n. (बच्चोंकी बोलीमें) नन्ही-मुन्नी (चिड़िया)।

coco, cocoa[1] (pl. *~ os*) n. (*~-nut, ~-tree ~-nut-tree* भी) नारिकेल (वृक्ष), नारियलका पेड़, नारियल, खोपरा, खोपा; (ग्रा०) खोपड़ी, आदमीका सिर; ~-nut (हास्य०) खोपा-गरी, गरीका गोला; ~-nut butter नारियलका तेल; ~-nut milk नारियलका पानी; double ~-nut सेकिलीज (Seychelles) द्वीपका बड़ा और दुहरे सिरका नारियल; *that accounts for the milk in the ~-nut* इसका स्पष्टीकरण हो गया।

cocoa[2] n. कोकोके बीजोंका चूर्ण; इसके बीजके चूर्णसे बनाया हुआ पेय, कोको; ~ bean कोकोका बीज; ~ nib कोकोकी पत्ती; ~ powder एक प्रकारकी बारूद;

~ brown, ~ manufactured, ~nut brown, ~nut crab, ~nut fibre, ~nut hair oil, ~nut husk, ~nut kernel, ~nut leaf, ~nut leaflet, ~nut oil, ~nut palm, ~nut shell, ~ nut shell charcoal, ~nut plant.

cocoanut n. दे० COCOA[1].

coco-de-mer n. नारिकेलयुगल, दो जुड़े हुए नारियल।

coconut n. दे० coco.

cocoon १. n. कीटकोष, कृमिकोष, रेशमकोष, रेशमका कोया; दूसरे कीड़ोंका इसी प्रकारका कोष; २. v.t. & i. कोष या कोयेमें लपेटना, कोष या कोया बनाना।

cocoonery n. कृमिगृह, कोयोंका घर, रेशमके कीड़े पालनेका स्थान।

cocotte n. चरित्रशिथिल स्त्री, छिनार।

coctile a. भृष्ट, पक्व, पकायी हुई (जैसे ईंट)।

coction n. पाचन; पकाना; क्वाथन-क्रिया; उबालना।

coctus a. भृष्ट, पक्व, पका।

cod[1] n. स्नेहमीन, एक प्रकारकी बड़ी समुद्री मछली (*~-fish* भी); ~-bank समुद्र-तट (जहाँ कॉड मछली अधिक पायी जाती है);

~-liver-oil, ~-fishery.

cod[2] v.t. & i. मूर्ख बनाना, धोखा देना।

coda n. (संगीत) आभोग, गतके बाद जोड़ा हुआ प्रकीर्ण स्वर।

codder n. मत्स्यपोत, स्नेहमीन-पोत; मोची।

coddle १. n. लाड़ करनेवाला, दुलारनेवाला; रोगीकी तरह नखरे करनेवाला; २. v.t. दुलारना, रोगीकी तरह रखना; आदर करना; क्लान्ति और शीत अपनोदनार्थ आराम देना, शीत और थकानसे बचाना।

code १. n. सदाचारके नियम; किसी विषयका विधान या नियम; संहिता, विधि-संग्रह, कानूनका ग्रन्थ, आईन; किसी वर्ग या समाचारका सदाचार; नियमावली, विधानों या नियमोंका संग्रह (*~ of honour*); किसी वर्गकी प्रचलित प्रथाएँ; (सेना आदिकी) संकेत-पद्धति; संक्षिप्त नाम; (तार) संकेतावली, संक्षेपेण या संगोपनके विचारसे अक्षरों अंकों या शब्दोंका समुच्चय; २. v.t. संकेतबद्ध करना, अभीष्टको संकेतों द्वारा व्यक्त करना, गूढ़ संकेतोंमें समाचार भेजना, सक्षिप्त करना; ~ of civil proce-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

dure व्यवहार-प्रक्रिया-संहिता; ~ of criminal procedure दण्ड-प्रक्रिया-संहिता; ~ words सांकेतिक शब्द, संकेत;
~ address, ~ number, ~ wire.

co-defendant n. सहप्रतिवादी ।

codeine n. मीली, अफीमसे निर्मित एक सफेद क्षार ।

codex n. =CODE; मध्यकालकी भोजपत्रपर लिखी हुई पाण्डुलिपि ।

codger n. (बोल०) वृद्ध मनुष्य, डोकरा, बुड्ढा आदमी; विचित्र पुरुष, नीच व्यक्ति, दकियानूसी आदमी ।

codicil n. क्रोडपत्र, परिशिष्ट, इच्छानुपत्र; संलेख, अतिरिक्त लेख, अपर पत्र, उपांग, वसीयतनामेका परवर्ती उत्तराधिकार-पत्र, उत्तरदानपत्र ।

codicillary a. संलेख-सम्बन्धी, मरणोत्तराधिकारपत्र-सम्बन्धी ।

codification n. संहिताकरण, संहिताबन्धन; नियम-व्यवस्था, कानूनी व्यवस्था ।

codified a. संहित, संहिताबद्ध, संहिताकृत ।

codifier n. संहिताकार, संहिताबन्धक; कानूनकी व्यवस्था करनेवाला ।

codify v.t. संहिताकरण करना, संहिता-बद्ध करना, संग्रह करना, विधिवद्ध करना ।

codilla n. गट्टा, सनईका सबसे मोटा भाग ।

codille n. 'ओम्बर' ताशके खेलमें प्रयुक्त एक शब्द, जय !

codlin(g)[1] n. एक लम्बूतरा सेब; ~s-and-cream एक प्रकारकी बूटी ।

codling[2] n. उत्कोल शलभ; छोटी कॉड मछली ।

co-eds ⊙ n. महिला छात्र, सहछात्रा, सहपाठिनी ।

co-education n. सहशिक्षण, सहशिक्षा ।

coefficient n. सहयोगी, सहकारी (व्यक्ति या वस्तु); (बीज ग०) निरूपक, गुणक (~ *of friction*); अनुपात, मात्रा, अंक; differential ~ भिन्न गुणक ।

coelenterate a. आन्तरगुही, बिना उदरवाले समुद्री जीवोंसे सम्बन्धित ।

coeliac a. उदरगुहीय, उदरगुहा-सम्बन्धी, पेट-सम्बन्धी (~ *artery*) ।

coeliotomy n. उदरच्छेदन ।

coelomate a. सदेहगुह, उदरवाला, जिनमें पेट या खाली जगह हो ।

coelome n. (श० र० शा०) देहगुहा, उदर, शरीरके अन्दर खाली जगह, पेट ।

coelostat n. घड़ीसे परिचालित दर्शकाच, चक्रदर्पण (वीक्षणयन्त्रमें) ।

co-employee n. सहनियुक्त, सहकर्मचारी ।

coemption n. सम्पूर्ण क्रय, संक्रय, संग्रह, सब माल खरीद लेना ।

coenaesthesis n. सामान्य शरीर-चेतना, संचेतना, संज्ञा, सम्बोध, शारीरिक चेतना ।

coenobite, cen- n. मठवासी, विहारवासी, वानप्रस्थी ।

c(o)enobitic, (-al) aa. मठीय या विहारीय, वानप्रस्थ ।

c(o)enobitism n. मठवाद या विहारवाद, वानप्रस्थाश्रम ।

coenobium n. सम्मण्डल, एक धार्मिक वर्ग या सम्प्रदाय; एककोषीय जीवाणुओंका समूह या झुण्ड ।

coenogamy n. विवाहितवर्ग, पतियों अथवा पत्नियोंका समूह ।

coequal n. & a. (प्रा०, धर्मशास्त्रमें) तुल्य, समान, सम ।

coequality n. तुल्यता, समानता, समता ।

coerce v.t. & i. बलात् करवाना; बलप्रयोग करना, बलप्रयोग द्वारा प्राप्त करना; उत्पीड़न करना, यमन करना, विधियमन करना, बलप्रयोग द्वारा किसीको शान्त करना या किसी कार्यके लिए तैयार करना, दबाव डालना, दबाना, जोर डालना; a ~d obedience विवश अधीनता ।

coercibility, coercibleness nn. सम्पीड्यता, बलप्रयोज्यता, दमनीयता ।

coercible a. सम्पीड्य, दमनीय; विधियम्य, बलप्रयोज्य ।

coercion n. प्राधिकारयमन, विधियमन, बलपूर्वक शासन, जबरदस्ती, आयर्लैण्डका सैनिक-शासन (जिसमें सामान्य स्वतन्त्रताओंको समाप्त कर दिया गया था); उत्पीड़न, बलात्कार, बलप्रयोग, प्रदमन, दमन, दबाव, जबरदस्ती; बाध्यता, अनिवार्यता; अभित्रास, डराव; तीव्रता, उग्रता; हिंसा ।

coercionary a. उत्पीडनात्मक, बलप्रयोगमूलक, दमन-सम्बन्धी ।

coercionist n. उत्पीडक, बलप्रयोक्ता, दमनवादी, दमनकारी ।

coercive a. प्राधिकारयामी, विधियामी; नियामक, प्रतिरोधक, दमनक्षम, बलयुक्त, दबाऊ; उत्पीडनशील, बलप्रवर्ती, बलात्कारी, बलप्रयोगी; परिपीडक; ~ measures क्रूर विधि, निष्ठुर उपाय ।

coerciveness, coercivity nn. प्रसाहिता, बलप्रयोग, दमन ।

coessential a. समधर्मक, समानधर्मा, समप्रकृति, समतत्त्व ।

coessentiality n. समप्रकृतित्व, समानधर्मिता, समान सारवाला होनेकी अवस्था ।

coetaneous a. समसामयिक, समकालिक, समकालीन, समवयस्क, हम-उम्र ।

coeternal a. तुल्यनित्य, समानानन्त, सम-नित्य, समस्थायी ।

coeternity n. तुल्यनित्यता, समानानन्तता, समस्थायिता, दूसरेकी बराबरीमें अनन्तकालसे विद्यमान ।

coeval n. & a. समवयस्क, तुल्यवयस्क, समकालीन, समसामयिक, एककालीन (व्यक्ति) ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

coevality n. समवयस्कता, समसामयिकता, समकालीनता; समकालीन घटना।

coexecutant n. सह-निष्पादक, सहकारी।

co-executor, co-executrix nn. सहनिष्पादक, सहकार्यनिर्वाहक, सहयोगी कर्मनिर्वाहक, सहकारी, सहयोगी सहकार्य निर्वाहिका, सहकारिणी।

coexist v. i. युगपत् रहना, समवस्थित होना, एक ही कालमें विद्यमान होना।

coexistence n. सहास्तित्व, सहभाव, समकालीन विद्यमानता।

coexistent a. सहभावशील, समकालीन, समकालमें विद्यमान।

coextend v.t. & i. एक ही स्थानमें व्याप्त करना या होना, सहविस्तारी बनाना या होना।

coextension n. सहव्यापन, सहविस्तार।

coextensive a. सहविस्तारी, सहविस्तृत, समस्थानीय, समकालीन।

co-factor n. (गणित०) सहखण्ड, सहावयव, सहकारक।

coffee n. काफेय, कहवा, कॉफी; भोजनके अन्तमें दी जानेवाली कॉफी; कॉफीके साथ उपहार, कलेवा, नाश्ता; कच्चे भुने हुए या पिसे कॉफीके बीज; ~-bean कॉफीके दाने या बीज; ~-grounds कहवेकी तलछट; ~ berry, ~-brown, ~ cake, ~-coloured, ~ crystals, ~ cup, ~ estate, ~-grower, ~-growing, ~-house, ~-making, ~-pot, ~-room, ~-shop, ~-stall, ~-tavern, ~-time, ~-tree.

coffer १. n. सन्दूक, बक्स, (रुपये, जेवर आदिकी) तिजोरी; खजानेका सन्दूक; (pl.) सम्पत्ति, कोष, खजाना, फण्ड; धँसा हुआ भाग (छत आदिका), ~-dam जलापरोध, कोठी (पुल बनानेमें); २. v.t. तिजोरी आदिमें बन्द करना, जमा रखना।

coffered a. तिजोरीवाला, जिसमें तिजोरी लगी हो; जमा।

coffin १. n. शवपेटिका, शवाधान, ताबूत; घोड़ेका सुम; साँचा; निकम्मा जहाज; २. v.t. शवाधारमें डालना; ताबूतमें रखना, कफनाना, दफनाना; सेंतना, सेंतकर रखना; *drive nail into* one's ~ स्वयं अपनी मृत्यु या विनाशका कारण होना, मौतको निमन्त्रण देना, मौत बुलाना।

coffinless a. बिना कब्र और कफन, बेताबूत; बेसुमका (घोड़ा)।

coffle n. गम्यमान शृंखलाबद्ध दास-वृन्द, गुलामोंका कारवाँ, काफ़ला; पशुपंक्ति।

cog[1] n. दन्त, दन्दाने, दाँता, पहियेका दाँता; एक पोत; hunting ~ पहियेका कुत्ता।

cog[2] v.t. (~ dice) पाँसे बनाकर (या गूँथकर) फेंकना (ऐयारीसे), बहकाना, धूल झोंकना, (पाँसेके खेलमें) चतुरता करना; प्रवंचना करना; दाँतेदार बनाना।

cogency n. सामर्थ्य, प्रभाव, शक्ति, अकाट्यता, विश्वासबल।

cogent a. निश्चयात्मक, विश्वासप्रद, निरुत्तर, प्रबल (~ *necessity*), युक्त, दिलको लगती हुई (युक्ति, तर्क); अनिवार्य, अत्यावश्यक।

cogged a. दाँतेदार (~ *wheel*)।

coggery n. छल-कपट, धोखेबाजी।

coggie n. लघु काष्ठ-पर्क, लकड़ीका छोटा प्याला, कठौता।

cogging n. वंचना, छलना, छल।

cogitable a. तर्कनीय, चिन्तनीय, विचारणीय, अवधारणीय; ग्राह्य, विश्वसनीय।

cogitate v.t. & i. विमर्श करना, वितर्क करना, ध्यान करना, चिन्ता करना, चिन्तन करना, विचार करना, सोचना, गौर करना; (दर्शन०) अवधारण करना, प्रणिधान करना, धारणा बनाना, आलोचना करना; उपाय करना।

cogitation n. अवधारणा, ध्यान, प्रणिधान; विमर्श, वितर्क, आलोचना, चिन्ता, विचार।

cogitative a. ध्यानशील, ध्यानावस्थित, विचारवान्।

cogitativeness n. विमर्शयुक्तता, ध्यानावस्थता, विचारशीलता।

cognac n. एक प्रकारकी कड़ी शराब, फ्रांसकी एक उत्तम शराब, फ्रांसीसी ब्राण्डी, कोनक।

cognate n. & a. (भाषावि०) सजातीय, एक ही मूलशब्दके प्रतिनिधि; एक परिवारकी भिन्न भाषाओंका समानान्तर विकास; एक धातुसे व्युत्पन्न शब्द, एक भाषापरिवारका; मातृबन्धु; सगोत्र, सजाति, एकजातीय; भिन्नगोत्र सपिण्ड, बान्धव; तुल्यप्रभाव, समानप्रभाव, समगुण; सम्बद्ध, समान; ~ object or accusative क्रियाकी धातुके समतुल्य कर्म (जैसे, *die the death* में *death*)।

cognateness n. सजातीयत्व, सगोत्रता, सम्बन्धभाव।

cognation n. सगोत्रता, ज्ञातिभाव, बन्धुता, सजातीयत्व, सम्बन्ध।

cognition n. (दर्शन०) संज्ञान, प्रज्ञान, बोध, ज्ञान; परोक्षज्ञान, अनुबोध, ऐन्द्रियबोध; अनुभूति, अनुभव; प्रयत्न, प्रयास; संकल्प।

cognitional a. बोधात्मक, ज्ञान-सम्बन्धी; अनुभूति या धारणा सम्बन्धी।

cognitive a. संज्ञानी, परिज्ञानशील।

cognizability n. संज्ञेयता, बोध्यता, परिज्ञेयता।

cognizable a. अवेक्ष्य, संज्ञेय, हस्तक्षेप्य, ज्ञेय, अवबोध्य; ज्ञातव्य; अनुसन्धेय, परिज्ञेय, परिचेय; अदालत द्वारा विचार्य, ग्राह्य।

cognizance n. अवेक्षा, संज्ञान, ज्ञान, अवगति, अवबोध, परिज्ञान, पहचान; ध्यान; लक्षण, लिंग, चिह्न, परिचयका चिह्न; विचाराधिकार, हस्तक्षेप करनेका अधिकार; कानूनी अधिकारका प्रयोग; *be beyond* one's ~ परिचय या अधिकार-क्षेत्रसे बाहर; *fall within* one's ~ परिज्ञान-क्षेत्रमें या अधिकारमें होना; *have ~ of, take ~ of* संज्ञेय समझना, सतर्क होना, ध्यानमें लाना, ध्यान

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

देना (सरकारी तौरपर)।

cognizant a. अवेक्षक, संज्ञाता; (दर्शन०) परिज्ञान-सम्बन्धी; अवबुद्ध, परिज्ञात, ज्ञात, सावधान; ज्ञान-विशिष्ट।

cognize v.t. (दर्शन) संज्ञान रखना, परिज्ञान करना, ज्ञान रखना; पहचानना।

cognomen a. गोत्रनाम, वंशगत उपाधि, उपनाम, वंशनाम; संज्ञा, नाम; उपाधि, व्यंगनाम, परनाम, अड़-नाम; (प्रा० रोम) तृतीय या पारिवारिक नाम।

cognominal a. उपनाम-सम्बन्धी, औपनामिक।

cognosce v.t. (स्कॉटलैण्डमें) किसी बातका परीक्षण करना, विवेचना करना; खोज करना, पता लगाना।

cognoscente n. (बहु० *~ti*) सूक्ष्म निरूपक, सूक्ष्म निरीक्षक, समीक्षक, पारखी (कला आदिका)।

cognoscible a. ज्ञेय, संनिरीक्ष्य, परिबोध्य, परीक्ष्य।

cognovit n. वादस्वीकृति, इकबाल।

cogue n. लघु काष्ठ-पर्क, लकड़ीका छोटा बर्तन, कठौलिया।

cog-wheel n. दन्तचक्र, दाँतेदार लोहेका घेरा या पहिया।

cohabit v.t. सहवास करना, पति-पत्नीकी तरह रहना (प्रायः अविवाहित व्यक्तियोंके विषयमें)।

cohabitant n. सहवासी, दूसरोंके साथ रहनेवाला।

cohabitation n. सहवास, सम्भोग, रतिक्रिया, मैथुन, संग।

coheir, coheiress nn. सह-दायाद, सहदायदा, समाधिकारी, समाधिकारिणी, सहोत्तराधिकारी (-कारिणी)।

cohere v. i. संश्लिष्ट होना; संसक्त होना, संयुक्त होना, चिपकना, जमना, जुड़ना, सटना, लगना; सामञ्जस्य-पूर्ण या संगतिपूर्ण होना, सुसंगत होना (तर्कशैली आदि-का), इकरंगा होना।

coherence, coherency nn. समनुगति; संसंजन, संसक्ति, संलग्नता, संश्लेष, सामंजस्यभाव, संगति।

coherent a. समनुगत, आनुषंगिक, सामंजस्यपूर्ण, समुचित, संगत (तर्क, विवरण आदि); संश्लिष्ट, संसक्त, संयुक्त, चिपका हुआ, जमा हुआ, जुड़ा या सटा हुआ।

coherer n. (रेडियोमें) नल्युपलम्भक, अनुकूलक यन्त्र, कोहीरर; संसक्ता।

coheritor n. सह-दायाद, समाधिकारी, सह-उत्तरा-धिकारी।

cohesion n. संसंजन, संश्लेष, संसक्ति, संयोग, संलग्नता, संलाग; संयुक्त होने या सट जानेकी प्रवृत्ति।

cohesive a. संसंजक, सान्द्र, स्निग्ध, संश्लेषशील संयोगशील, संलागी (*~ force*), चिपटनेवाला, सटने-वाला।

cohesively adv. आनुषंगिकतापूर्वक, संलग्नतापूर्वक, संयोगपूर्वक।

cohesiveness n. संलागशीलता, संयोगशीलता, संलागिता।

cohibit v.t. अड़चन डालना, रुकावट डालना, प्रतिबन्ध लगाना।

cohort n. गोत्र, अनुगण, प्रसमूह, समूह, जत्था; योद्धाओंका दल; रोमकी सेनाका दल, एक दस्ता = ६०० सैनिक।

coif १. n. (इति०) मस्तकावरण, कनटोप, टोपी; सार्जण्ट-की सफेद टोपी; २. v.i. कनटोप पहनना, टोपी लगाना।

coiffeur n. केश-विन्यास करनेवाला, नाई, हज्जाम।

coiffure n. केशविन्यास-विधि, केश-रचना-विधि।

coign n. अनी, कोनिया, निकला हुआ कोना (दो दीवारोंके बीचमें निकला हुआ पत्थर); *~ of vantage* श्रेय-स्थान (जहाँसे कोई दृश्य स्पष्ट दिखाई दे)।

coil[1] n. गुंजल्क, कुण्डली; कुण्डलीकृत या मण्डलीकृत वस्तु; लच्छा, गोला, अण्टी, पिण्डा; वक्रगति (जैसे, साँपकी); कुंचन, कुंचित केश, घूँघर, घुँघराले बाल; गोलायित तार आदि; (विद्युत्०) वेष्टन, मण्डल, कुण्डल, कुण्डली।

coil[2] v.t. & i. कुण्डलीकृत करना, कुण्डलन करना, कुण्डल बनना या बनाना, वर्तुलीकरण करना, मण्डली-करण करना, इँडुरी बनना या बनाना, गोल मोड़ना; (प्रायः *~ up*) साँपके समान सिमटना, बल खाना।

coil[3] n. (प्रा० और का०) उपद्रव, अव्यवस्था, गड़बड़, हड़कम, हड़बड़ी, (*this mortal ~* जीवनकी अशान्ति)।

coiled a. कुण्डलित।

coin[1] n. रूप्य, धन, पैसा, रुपया, टका; टंकमुद्रा, टंक, मुद्रा, सिक्का; false *~* खोटा सिक्का; जाली सिक्का; धोखेकी चीज, जाली चीज; *pay one in his own ~* जैसेको तैसा, तुर्की-ब-तुर्की;

~ bags, ~ cabinet, ~ examiner, ~ expert, ~ money, ~-room-account.

coin[2] v.t. टंकन करना, धातुको सिक्केमें परिणत करना; मुद्रा या सिक्का ढालना या बनाना; मानसिक-श्रम आदिसे पैसा पैदा करना; आविष्कार करना, पैदा करना, उपजाना, निकालना, बनाना, गढ़ना, ढालना; *~ money* रुपया बनाना, कमाना।

coinage n. मुद्रांकन, टंकन, सिक्का ढलाई; प्रचलित मुद्राएँ या सिक्के; टंक, मुद्राएँ, सिक्के; आविष्कार, मन-गढ़न्त, गढ़े हुए शब्द; टंकवर्ग; decimal *~* दशमांशीय मुद्राएँ।

coincide v. i. समकालीन होना, एक समयमें घटित होना; सम्पतन करना, मेल खाना, ठीक बैठना, ठीक आना; एकीभूत होना, संगत होना; सम्मत होना, एकवाक्य होना, सहमत होना, एकचित्त होना; एक साथ होना; अनुकूल होना, अनुरूप होना, एकमेल होना, ठीक होना।

coincidence n. दैवयोग, संयोग, आकस्मिक संघटन, मेल; सन्निपतन, सन्निपात, सम्पात, संगम, सम्पूर्ण ऐक्य, अनुरूपता, ठीक बैठाव।

coincident n. सम्पाती, समवर्ती, सहगामी, युगपत्, अनुकालीन (*~ selection*); एकीभूत, अनुरूप, अनुकूल, अविरुद्ध।

coincidental a. समकालज, समकालिक।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

coincidently adv. दैवात्, संयोगवश, अकस्मात्; युगपत्, साथ-साथ।

coiner n. सिक्का बनानेवाला, टकसालिया, गढ़नेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); कूटटंकक, कूटमुद्राकारी, जाली सिक्के ढालनेवाला।

co-inhere v. i. एक साथ होना; एक साथ किसीसे सम्बन्धित होना।

co-inheritance n. सहास्तित्व (किसी अन्यमें), समान उत्तराधिकार।

co-inheritor n. सहदायाद, समाधिकारी, सह-उत्तराधिकारी।

coinless a. कपर्दकहीन, निर्धन, कंगाल, बेपैसेका।

co-instantaneous a. समक्षणीय, तात्क्षणिक, समकालिक, समानकालीन, समकालीन।

coir n. नारिकेल जटा, नारियलकी जटा, नारियलके छिलकेका रेशा (जो रस्सी, चटाई आदि बनानेके काम आता है, ~ *mat*)।

coistril n. धूर्त मनुष्य, नीच व्यक्ति, लुच्चा, लफंगा।

coition, coitus nn. रतिक्रिया, सहवास, स्त्रीसंसर्ग, सम्भोग, मैथुन।

coke १. n. न्यंगार, शुष्कांगार, कोक, पत्थरका कोयला, जला हुआ पत्थरी कोयला;
~ black, ~-dust, ~-factory, ~ iron, ~-oven, ~-plant, ~-plate.

cokery n. कोयलेका कारखाना।

col n. ग्रीवा, तंग घाटी, ऊँचा दर्रा।

cola, k-, (~ *nut*, ~ *seed* भी) पश्चिमी अफ्रीकाका एक पेड़, कोला; इस पेड़के बीज।

colander, cullender १. n. हाँगी, छलनी, छननी; छरें ढालनेका साँचा; २. v.t. छानना।

colation n. छानना, चलाई, छनाई, सफाई।

colatitude n. लम्बपूर अक्ष-वृत्त, समकोण पूरा करनेका कार्य।

colature n. = COLATION.

colcannon n. टमाटर या हरी सब्जियोंसे बनी हुई एक तरहकी भाजी।

colchicine n. हिरण्यतुत्थी, पौधेको उगानेवाली एक खाद।

colchicum n. हिरण्यतुत्थ, हरिण तूतिया, हरिण तुत्था (जो केसरसे मिलता-जुलता है), कोलकिकम; हरिण तुत्थाका निर्यास (जो वात-रोगमें ओषधिके काम आता है)।

colcothar n. लौहजारेयक, एक लाल विषैला तत्त्व।

cold[1] n. प्रतिश्याय-, सर्दी, नजला, जुकाम; शैत्य, हिमत्व, शीतता, ठण्डक, ठण्ड; *catch* ~ सर्दी या जुकाम लग जाना, पाला मार जाना; *left out in the* ~ उपेक्षा होना, बेपरवाही बरती जाना।

cold[2]* a. प्रतिश्या-; शीतल, शीत, ठण्डा*, सर्द; अवसादकारक, अरुचिकर, निरुत्साही, ठिठुरा देनेवाला (~ *comfort, counsel, news*); अनासक्त, प्रतिकूल; स्तब्ध, तटस्थ, भावशून्य, एकान्तप्रिय, मित्रहीन, उदासीन; शिकारी बास, हलकी बास, मन्द बास, हलकी बू (शिकारमें); श्वेत, सफेद ⊙; शीतास्र, शीतरुधिर; ~ blast माघीकी हवा, धौंकनीकी हवा; ~-blooded शीतल रक्तमय (सरीसृप और मछली); ठण्डी मिट्टी; निष्ठुर, निर्दय; ~ coil ठण्डी नाली; ~ colours ठण्डे रंग (नीला, धुमैला आदि); ~-hammer ठण्डे लोहेको कूटना-पीटना; ~-livered भावशून्य, निरुत्साह, उदासीन, सर्द; ठण्डी मिट्टी, ठण्डी मिट्टीका; ~-pig (n.) ठण्डे पानीके छींटे (किसीको जगानेके लिए); ~ shoulder बकरीकी रान या बकरीका पुट्ठा (भुना हुआ); ~ steel तलवार, संगीन आदि (वे हथियार जो दागे नहीं जाते); ~ war शीत युद्ध, ~ *in death* or ~ मुर्दा, ठण्डा हो गया, मर गया; ~ *without* कड़वी शराब पानीके साथ, बिना इकरारके; *give the* ~ *shoulder to* उदासीनता दिखाना, रुखाई करना, ठण्डेपनसे पेश आना; *in* ~ *blood* निर्दयतापूर्वक, बेदरदीसे; *throw* ~ *water on plan* हतोत्साह करना, उत्साह भंग करना, पानी फेर देना, दिल तोड़ना, दबाना; अवसन्न करना।
~-annealed, ~ black, ~ chisel, ~ point, ~ process, ~ sensation, ~ storage, ~ test, ~ weather.

cold-bloodedness n. शीतरक्तविशिष्टता; निष्ठुरता; निर्दयता।

cold-hearted a. निःस्नेह, भावशून्य, विरक्त, उदासीन, तोताचश्म।

cold-heartedness n. विरक्ति, तटस्थता, भावशून्यता, उदासीनता।

coldish a. शीतप्राय, ठण्डा-सा, सर्द-सा।

coldly adv. प्रमादपूर्वक, रुखाईसे, उदासीनतापूर्वक।

coldness n. शैत्य, शीतलता, ठण्डक, सर्दी; उदासीनता, रुखापन।

cole n. पातगोभी, एक प्रकारका करमकल्ला, कोल; ~-garth कोल या पातगोभीका खेत या बगीचा; ~-wort कपिशाक, कच्चा करमकल्ला या गोभी (विशेषतः जिसमें बीचका भाग नहीं रहता)।

colemanite n. चूर्णटांकीयिज, सुहागा।

coleoptera n. कंचुकपक्ष, गोबरैला, कोलियोप्तरा।

coleopterist n. कंचुकपक्ष-विज्ञ, गोबरौले कीड़ेके विषयमें अध्ययन करनेवाला।

coleopterous a. पिधानपक्षीय (कीटवर्ग), गुबरैला जातिका, एक प्रकारके भौंरेका, कोलियोप्तरेका।

coleseed n. वन्यकपिशाक, गोभीका बीज, राई।

cole-slaw ⊙ n. करमकल्लेका सलाद।

cole-tit n. = COAL-TIT.

colic n. उदरशूल, जठरशूल, शूल, मरोड़, पेटकी पीड़ा, बृहदन्त्रकी पीड़ा।

colicky a. शौलिक, पेटकी पीड़ासे सम्बन्धित।

coliform a. चलनी, छलनीवत् या छन्नाकी तरह।

Coliseum n. = COLOSSEUM, रंगस्थली।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

colitis n. स्थूलान्त्रकोप, जठरशोथ, बृहदन्त्रकी सूजन।
coll v.t. आलिंगन करना, समाश्लेष करना, गले मिलना।
collaborate v. i. संयुक्त रूपसे कार्य करना, सहयोग देना, सम्मिलित कार्य करना, हाथ बटाना, मिलकर रचना करना, साथ देना; देशद्रोह करके शत्रुसे मिल जाना।
collaboration n. सहयोग, सहभाग।
collaborationist n. शत्रुपक्षी; विश्वासघाती, देशद्रोही।
collaborator n. सहयोगी, सहायक, सहभागी, सहकारी।
collagen n. श्लेष-जन, मज्जा।
collapse १. n. समवसाद, शक्तिलोप, आपतन, पतन, स्नायविक या शारीरिक शक्तिका ह्रास, उत्साहहानि, अतिशिथिलता, क्षय, संकोचन, संकोच, लय, सन्निपात, सिकुड़न; २. v. i. समवसन्न होना, नष्ट होना; भहरा पड़ना, एकाएक गिरना, धड़ामसे गिर पड़ना, जवाब दे देना, ढेर हो जाना, हार्ट फ़ेल होना, ढह जाना, सिकुड़ना, दब जाना, रह जाना, हिम्मत हार देना।
collapsed a. समवसन्न, आपतित, ढेर हुआ।
collapsible, -able a. भंज्य, संकोचनशील, टूटदार, तह हो जानेवाली (~ *chair*)।
collar*[1] n. ग्रैवेय, पट्टा; गर्दनी (जो परिधानके ऊर्ध्व-भागका पूरक है), कालर; नाइटकी पद-सूचक जंजीर, नाइटके तमगेकी जंजीर; माल; मांसपुआ; धारीदार कण्ठा; छल्ला (जिसमें मछलियोंका चारा पिरोया रहता है); मूल-सन्धि (~-*bone*); कण्ठ, ग्रीवा, गल*, गला*; ~-beam दो बल्लियोंको जोड़नेवाली बल्ली; ~-bone जत्रु, ग्रीवास्थि, हाँस, हँसुली; ~-harness गलेका साज; ~ rope जोता; ~-work कठिन खिंचाई, (ला०) कठोर परिश्रम (*against the* ~ भी);
~ badge, ~-day, ~ diameter, ~ level, ~-maker.
collar[2] v.t. गला नापना, गला पकड़ना, गिरफ्तार करना; (ग्रा०) झपट लेना, छीनना, खा-पी जाना; गोश्तके टुकड़ोंको लपेटकर गोल बनाना; (फुटबाल) विरोधीसे गेंद छीननेकी कोशिश करना।
collared a. ग्रैवेयित, कण्ठेदार, पट्टेदार, कालरदार; सितकण्ठ (~ *myna*)।
collaret(te) n. फीते या समूरका जनाना कालर।
collarless a. बिना पट्टेका, बिना कालरका।
collate v.t. सम्पादन करना, परितुलन करना, समवलोकन करना, अनुरूप करना, सूक्ष्म रूपसे तुलना करना, मिलाना (पाण्डुलिपि या प्रलेखकी एक प्रतिको दूसरी प्रतिसे), जाँचना; पादरी नियुक्त करना; पत्रे लगाना; (जिल्दबन्दी) एकत्र करना, एक स्थानपर रखना, इकट्ठा करना।
collateral १. n. बन्धु, सम्बन्धी; २. a. सगोत्रोत्पन्न, सगोत्र, सपिण्ड, उपलोम, भिन्नशाख; सहभागी; आनुषंगिक, प्रासंगिक, अप्रधान, गौण (~ *agreement*); समपार्श्विक, एकपार्श्वस्थ, पार्श्ववर्ती, पार्श्वापार्श्विगत, समानान्तर, बराबर-बराबर (~ *affinity*); ~ security or ~ प्रतिभू, अमानत, रेहन, गिरवी।
collaterally adv. पार्श्वापार्श्वि; प्रसङ्गतः; गौणतः।
collation n. (COLLATE के क्रियागत अर्थोंमें); सम्पादन, परितुलन; क्रमेक्षण; उपाहार (साधारणतः *cold* ~ प्रायः अतिकालका); (रोमन कैथॉलिक चर्चमें) उपवासकी सन्ध्याका हलका आहार, नाश्ता; (कानून) पुंज-वण्टन।
collative a. सम्पादनात्मक, परितुलनात्मक, तुलनात्मक।
collator n. संशोधक; सम्पादक, पत्रे लगानेवाला।
colleague १. n. सहयोगी, सहकारी, साथी, समान कार्यकारक; २. v.i. मैत्री, सन्धि, विवाह या सहयोगके कारण सम्मिलित होना, संयुक्त होना, बँधना, मिलना या एक होना; षड्यन्त्र रचना।
collect[1] n. (खीष्टीय प्रार्थना-पुस्तककी) संक्षिप्त प्रार्थना, common Prayer Book की संक्षिप्त प्रार्थना; मुद्रा, रुपया-पैसा ⊙।
collect[2] v.t. & i. संगृहीत करना, राशीकृत करना, संग्रह करना, संचय करना, एकत्र होना या करना, इकट्ठा करना या होना, जुड़ना या जोड़ना, जमा करना, जमा होना, वसूल करना; समूहके लिए संग्रह करना (नमूना, पुस्तक आदि); पाना, उगाहना, वसूल करना (दान, कर); सचेत होना, पुनः (संज्ञा, शक्ति, साहस) लाभ करना, होशमें आना; निष्कर्ष निकालना, परिणाम निकलना; ~ *a horse* घोड़ेको वशमें रखना।
collectable, -ible aa. संग्रहणीय, संग्रहयोग्य।
collectanea n. सुभाषित-संग्रह, संकलन।
collected a. संगृहीत, एकत्रित (~ *and co-ordinated*); प्रकृतिस्थ, प्रशान्त, शान्त, स्थिर; सतर्क, सावधान।
collecting १. n. संग्रहण; २. a. संग्राही (~ *bank*)।
collection n. संग्रहण, एकत्रीकरण; मुद्रा-संग्रह, अर्थ-संग्रह, रुपया-संग्रह, उगाही; संचय, चन्दा (धार्मिक कामोंके लिए); समुच्चय, संकलन, जखीरा (एक ही प्रकारकी साहित्य-सामग्री, नमूने, कलात्मक वस्तु आदिका); राशि, समूह, ढेर, अम्बार (धूलि या पानीका); जनता, इकट्ठ, भीड़; (pl.) ऑक्सफोर्ड और दूसरे कॉलिजोंकी त्रैमासिक परीक्षा;
~ abstract, ~ agent, ~ charges, ~ column, ~ file, ~ register.
collective n. & a. संग्रहशील, संगृहीत, सामूहिक, एकत्रीकृत, समवेत, संहत, एकीकृत, एकत्र, मिलित, इकट्ठा; ~ fruit अनेक फूलोंका फल (जैसे शहतूत); ~ note कई राज्योंका साझा पत्रक; ~ idea सामूहिक वक्तव्य या अनुकथन; (व्या०) ~ noun समुच्चयवाचक, समूहवाचक संज्ञा; ~ ownership संयुक्त स्वामित्व, (भूमि या उत्पादनके साधनोंका) सामूहिक स्वामित्व।
collectivise v.t. समूहन करना, एक कर देना, जोड़ना, मिला देना, पैसे इकट्ठा करनेवाली संस्थाको कर इत्यादि देना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

collectivism n. समष्टिवाद, सामूहिकतावाद, समूहवाद (अर्थात् सम्पत्ति सार्वजनिक या सामूहिक होनी चाहिए)।

collectivist n. समष्टिवादी, सामूहिकतावादी, समूहवादी।

collectivistic a. समष्टिवादी, समूहवादी।

collectivity n. सामूहिकता, समूह, समष्टि।

collectivization n. समष्टीकरण, समूहन।

collector n. समाहर्त्ता, जिलाधीश, डिप्टी कमिश्नर, कलक्टर; पुस्तक-संग्रहीता, पुस्तक-संकलनकारी; समाहर्त्ता; संग्राहक, संग्रहकारी, उगाहनेवाला, तहसील वसूल करनेवाला (नमूने, रेलवेटिकिट, कर, चन्दा और विचित्र वस्तुएँ); विभिन्न मशीनोंमें संग्राहक यन्त्र।

collectorate n. समाहर्त्रालय, समाहर्तृक्षेत्र, समाहर्त्तालय, कलक्टरी।

collectorship n. कलक्टरका पद, कलक्टरी।

colleen n. (आयरलैण्ड) बालिका, लड़की।

college n. महाविद्यालय, कॉलिज; विद्यालय-भवन; उपाधिप्रदाता छोटा विश्वविद्यालय; व्यावसायिक शिक्षालय (स्थलसेना, जलसेना, कृषि आदिका); इनमेंसे किसीका भवन; समव्यवसायी व्यक्तियोंका संघ; (*C~ of Arms, C~ of Physicians*); धर्म-मण्डल, पादरी-संघ; ~ living जीविका-साहाय्य (कॉलिजके माध्यमसे); ~ pudding आलूचेकी पुडिंग (फिरनी); Sacred C~, ~ of cardinals पोपकी सभा (जिसके सत्तर सदस्य होते हैं);

~ accountant, ~ contingencies, ~ contingent, ~ council, ~ diploma, ~-forest, ~ hostel, ~ magazine, ~ office, ~ prospectus, ~ scholarship.

colleger n. Eton एटनके स्थापनाकालके सत्तर विद्यार्थियोंमेंसे एक।

collegial a. महाविद्यालयसम्बन्धी, कॉलिज-सम्बन्धी; गिरजेका।

collegian n. कॉलिजका विद्यार्थी, किसी कॉलिजका सदस्य; (प्रा० अ०) कैदी, जेलका साथी।

collegiate[1] v.t. कॉलिजकी स्थिति प्रदान करना, कॉलिजका पद देना, कॉलिजके ढंगका बनाना।

collegiate[2] a. महाविद्यालयसम्बन्धी, कॉलिजसदृश, कॉलिजका, धर्ममण्डल विशिष्ट; ~ church पादरी संघके लिए प्रदत्त महाविद्यालय, कॉलिज-चर्च; (स्कॉटलैण्ड और अमेरिकामें) संयुक्त पादरीका पद; ~ school कॉलिजसे सम्बद्ध स्कूल।

collenchyma n. (वन०) एक लचीला तन्तुकोश।

collet n. कलट, अँगूठीके नगका घर या बैठक।

collide v.i. संघट्टन होना, आघट्टन होना, टक्कर खाना या होना, टकराना, भिड़ जाना, लड़ जाना, संघर्षण होना, संघट्ट होना, विरोध होना, मुठभेड़ होना, खटपट होना; परस्पर विरोधी होना।

collie, -y n. (स्कॉट०) मेषपालका कुत्ता, गड़ेरियेका कुत्ता।

collier n. अंगारखनिक, अंगारखनक, कोयला-खनक, कोयला खोदनेवाला; कोयलावाही पोत या नौका, कोयलेका जहाज; कोयला-पोतका मल्लाह।

colliery a. कोयलेकी खान, कोलरी;;

~ area, ~ consumption, ~ employee, ~ engineer, ~ labour, ~ manager, ~ tramway.

colligate v.t. सुविन्यस्त करना, क्रमविन्यास करना, सुसम्बद्ध करना, व्यवस्थित करना, एकत्र करना, संयुक्त करना।

colligation n. निवेशन, क्रमविन्यास, व्यवस्थापन, सन्धान, एकत्रीकरण, सम्बन्धन, संयोजन।

collimate v.t. समानान्तरण करना, समान्तर बनाना, दृष्टिकी सीधमें लाना।

collimation n. समान्तरण, समान्तर क्रम।

collimator n. समान्तरित्र, एक छोटी दूरबीन।

collinear a. समरेख, एकरेखस्थ, एकरेखीय, एक ही रेखापर स्थित, एक ही रेखामें, सीधमें।

collingual a. समभाषी, एक ही भाषावाले।

Collins n. (बोल०) (विदा हुए मेहमान द्वारा प्रेषित) धन्यवाद-पत्र।

colliquative a. (चिकित्सा) रसातिरिक्त; इतना अधिक (द्रव) कि नष्ट हो जाय।

collision n. प्रतिघट्टन, संघट्टन, समाघात, मुठभेड़, धक्का, टक्कर, भिड़न्त; (ला०) कटु या कठोर संयोग (व्यंजनोंका); विरोधी दलोंका संघट्ट, संघर्ष; ~-mat जहाजमें टक्करसे बने हुए छेदको बन्द करनेका बोरिया; *come into ~ with* किसी चीजसे भिड़ना, लड़ जाना, टकराना।

collocate v.t. व्यवस्थापित करना, व्यवस्था देना, क्रम देना, सजाना; विन्यास करना, एकत्र स्थापित करना, एक साथ रखना; निवेश करना, स्थान विशेषमें ठहरना।

collocation n. निवेशन, व्यवस्थापन, क्रम, संस्थिति, सजावट।

collocutor n. कथोपकथक, वार्तालापका साथी (*my ~ said*)।

collodion n. श्लेषाभी, श्लेषेव, (शस्त्रक्रिया और फोटोग्राफीमें प्रयुक्त होनेवाला) तेजाबी द्रव, कोलोडियन;

~ balloon, ~ cotton, ~ flexible, ~ process.

collodionize v.t. कोलोडियन (COLLODION) बनाना।

collograph n. श्लेष-चित्रण-विधि (एक विशेष प्रकारकी), दे० COLLOTYPE.

collography n. श्लेष-चित्रण-कला, एक खास ढंगसे फोटो छापनेकी कला।

collogue v.i. गूढ़ वार्तालाप करना, गोपनीय बातें करना; विश्रब्धालाप करना, विश्रम्भालाप करना, लल्लो पत्तो करना, हाँमें हाँ मिलाना;, (प्रा०) फुसलाना

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(षड्यन्त्रके अभिप्रायसे)।

colloid n. & a. (रसा०) श्लिषाभ, श्लेषाभ, कलार्द्र, कलिल, आर्द्र द्रवकी अवस्थाका पदार्थ, कोलॉयड; लसदार; चिपचिपा (पदार्थ); (निदान०) श्लैष्म (तन्तु जो किसी बीमारीमें बिगड़कर चिपचिपे हो जाते हैं, ~ *tissue*)।

colloidal a. श्लिषाभीय, श्लेषाभीय, श्लैष्म, लसदार, कोलायडीय।

collop n. बोटी, मांसखण्ड, मांसका टुकड़ा; (प्रा०) मोटे आदमी या जानवरकी चमड़ीकी बट या सलवट।

colloquial a. अनगर, लोकभाषाका, व्यावहारिक भाषाका, सामान्य बोलचालसे सम्बन्ध रखनेवाला, बोलचाल सम्बन्धी, आम बोलीका।

colloquialism n. बोलचालकी शैली या ढंग।

colloquialist n. बोलचालकी शैलीका प्रयोक्ता या समर्थक।

colloquize v. i. वार्तालापमें भाग लेना, बातचीत करना।

colloquy n. प्रेस्बिटेरियन गिरजेकी न्याय तथा विधान-सभा; सलाप, वार्तालाप, कथावार्ता, परस्पर कथोपकथन, बातचीत, बोलचाल।

collotype n. फोटोका चित्र छापनेकी श्लेष-विधि; रासायनिक द्रव्यकी झिल्ली (जिसपर सूर्यकी किरणोंके पड़नेसे चिन्ह बन जाते हैं और उन्हींका प्रतिबिम्ब कागजपर छाप लेते हैं); ~ plate प्रतिबिम्बदात्री झिल्ली; ~ process प्रतिबिम्ब-श्लेषणकी प्रक्रिया।

collude v. i. कपट-सन्धान करना, कपट-सन्धि करना; (प्रा०) षड्यन्त्र रचना, जालसाज़ी करना, साँठ-गाँठ करना, साजबाज करना।

collusion n. अभिसन्धि, कपट-सन्धि, षड्यन्त्र, गुप्त षड्यन्त्र, प्रवंचना, प्रतारणा, कपट, जालसाजी, जाल।

collusive a. कपटसन्धायी, कपटसन्धिपूर्ण, षड्यन्त्रपूर्ण, कपटमय।

colluvies n. (pl.) गन्दगीका ढेर, कूड़े-करकटका ढेर, घूरा।

colly n. अंगार-कज्जल, COLLYRIUM का संक्षेप।

collyrium n. (pl. ~*ia*) नेत्रबिन्दु, नेत्रांजन, अंजन, काजल, सुरमा; दस्त लानेवाली दवाकी बत्ती।

collywobbles n. (pl.) (बोल०) पेटके भीतरकी गड़बड़, गुड़गुड़, गड़गड़ाहट।

colocynth n. इन्द्रायण, इन्द्रवारुणी, कड़वी लौकी; रेचक औषध, विरेचक औषधविशेष, जुलाब।

colocynthin n. ऐन्द्रवारुणी, विरेचक।

Cologne-earth n. हिरमिच, एक प्रकारकी लाल रंगकी मिट्टी।

Cologne-water n. वासव-सलिल, एक प्रकारका इत्र।

colon[1] n. वृहदन्त्र, स्थूलान्त्र, मलाशय, अँतड़ीका बड़ा भाग, कोलन (उण्डुक या अन्धनाली या बद्धनालीसे गुदनलिका या उत्तरगुदतक); छेदचिह्न विशेष।

colon[2] n. द्विबिन्दु, उपविरामचिह्न, कोलन (प्रायः आगे एक डैश भी रहता है :—)

colonel n. महाबलाधिपति, गुल्मपति, एक उच्चतम सैनिक पदाधिकारी, गुल्माध्यक्ष, कर्नैल; लेफ्टिनेण्ट कर्नल (का संक्षिप्त); C~ Commandant पल्टनका उच्च-अधिकारी।

colonelcy, colonelship nn. कर्नलका पद, गुल्माध्यक्षका पद, कर्नैली।

colonial n. & a. उपनिवेशिक, औपनिवेशिक उपनिवेश-निवासी, उपनिवेशी; मण्डलीय; C~ Office औपनिवेशि-कार्यालय, उपनिवेश-विभाग।

colonialism n. उपनिवेशवाद, उपनिवेशस्थापनकी नीति, उपनिवेश-निवासियोंकी रीति।

colonist n. उपनिवेशक, उपनिवेशी, उपनिवेशवादी, उपनिवेशमें बस जानेवाला।

colonitis n. वृहदन्त्र-शोथ, बड़ी अँतड़ी(कोलन)की सूजन।

colonization n. उपनिवेशन, नई बस्ती बसाना।

colonize v.t. & i. उपनिवेशकी स्थापना करना, नई बस्ती बसाना; नई जगह जाकर बस जाना, उपनिवेशमें सम्मिलित होना; (राज० अमरीकी) किसी जिलेमें पक्षावलम्बी या दलविशेषके मतदाता बसाना।

colonizer n. उपनिवेश बसानेवाला, उपनिवेशमें बसनेवाला।

colonnade n. स्तम्भमाला, श्रेणीबद्ध स्तम्भसमूह, स्तम्भ-श्रेणी, खम्भोंकी पंक्ति, बहुतसे खम्भेवाला दालान या बरामदा; तरु-माला, वृक्ष-श्रेणी।

colony n. उपनिवेश; मण्डल; किसी नये स्थानमें बाहरी लोगोंकी बस्ती (जिनका अपनी मातृभूमिसे राजनीतिक सम्बन्ध बना रहे); (ग्रीक इति०) प्रवासियों द्वारा स्थापित स्वतन्त्र नगर; अधिराज्य, साम्राज्य, पराधीन देश, राज्य; (रोम इति०) विजित प्रदेशमें सैनिक उपनिवेश, छावनी; एक राष्ट्र या व्यवसायवालोंकी किसी नगरमें बस्ती (इसी प्रकार पशुओंके विषयमें भी ~ *of sparrows* आदि); (प्राणि०) प्राणिवृन्द या झुण्ड, कीटपुंज (जैसे, प्रवाल या मूँगेमें)।

colophon n. पुष्पिका, प्राचीन पुस्तकोंके अन्तिम पृष्ठपर अलंकृतरूपसे मुद्रक, प्रकाशक और तिथि आदिका विवरणसूचक लेख (जो अब मुखपृष्ठपर रहता है); *from title-page to* ~ आदिसे अन्ततक।

colophonate n. उदायासीय, डामर नमक काली रालके तेजाबका नमक।

colophonic a. उदायासिक, डामरके नमकका।

colophony n. उदायास, धूनक, डामर, तारपीनका तेल चुआनेके बाद प्राप्त होनेवाला धूनक या राल; काली राल (जिसमेंसे तारपीन चुआते हैं)।

coloquintida n. इन्द्रवारुणी, कड़वी ककड़ी या लौकी।

color ⊙ = COLOUR.

Colorado-beetle n. किरौना, आलूकी फसलको हानि पहुँचाने वाला काली धारियोंवाला पीला भौंरा।

colo(u)ration n. वर्णसामंजस्य, वर्णक्रम; रंजन, रँगना; रँगाई, रंगतदारी, रंगत, रंग भराई, (चित्रमें)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

रंग देनेका कार्य, रंग-सजावट; रंग; प्राकृतिक रंग; सजीव या इतर वस्तुओंके वर्ण।

coloratura n. गमक, बोलतान, कम्प, संगीतको लयदार और गमकदार बनाना।

colorific a. वर्णोत्पादक, वर्णजनक, रंग पैदा करनेवाला; बहुत रंगीन, गहरे रंगका।

colorimeter n. रंगमान, रंग-मापक यन्त्र।

colorimetry n. रंगमिति, रंगकी तीव्रता जाँचनेकी विधि।

colossal a. विशाल मूर्त्तिसम्बन्धी, विशाल मूर्त्तिका; बृहत्काय, अतिमानुषाकार, भीमविग्रह, बृहत्, प्रकाण्ड, प्रचण्ड, विशाल; लक्षणीय, चमत्कारपूर्ण, मनोरंजक, बहुत सुन्दर।

Colosseum n. रोम नगरकी एक विशेष नाट्यशाला।

colossus n. (pl. *~i, ~uses*) भीमविग्रह मूर्त्ति, बृहत् प्रतिमा, विशालमूर्त्ति, देवकाय प्रतिमा, साधारण डील-डौलसे बड़ी मूर्त्ति, विशालकाय पुरुष या साम्राज्य आदि।

colostrum n. पीयूष, नवदुग्ध, फेनस, फेउँस, पेउसी।

colotomy n. (शल्य०) बृहदन्त्रच्छेदन, पेटका चीरा।

colour*, **color** ⊙ १. n. वर्ण*, रंग*; आभास; लाली, सुर्खी (चेहरेकी); विच्छिन्न या विभाजित प्रकाश-किरणों द्वारा आँखपर डाला हुआ संवेदन, रूप; आभा, ओप, रूपरंग, शान, चमक, स्वरूप, शक्ल सूरत (*see in its true ~s*); बहाना, हीला, बनावटी बात (*give no ~ for saying*); (चित्रकला) वर्णमिश्रणका सिद्धान्त, रंग भरनेकी विशेषता, रंग भरनेका नियम; प्रकाश और छायाके आनुपातिक प्रभावका प्रत्यक्षीकरण; रँगाई; रंगारंगका चूर्ण; रंगीन बानक, बाना, फीता या वर्दी; रंगीन कपड़ा, रेशमी झण्डेका जोड़ा, पताका, सेना या जहाजका फरहरा; झण्डा (*regimental ~s*); रंगबिरंगा परिधान, रंगीन पहनावा या पोशाक; सैन्यदल द्वारा गृहीत झण्डा (*trooping of the ~s* or *~s*); (संगीत) स्वरीय-व्यंजना-वैविध्य, गायन-विशिष्टता, गायनके प्रकार, गानेकी शैली; (सामा० इति०) अर्थच्छाया, विशेषता, चरित्र, चलावा, टेक या टेका, रंग-ढंग, अवस्था या मूड, तर्ज (*take one's ~ from*); मूर्त्त-चित्रण विधि, बिम्बग्राहकता, अलंकृतशैली (*local ~*); accidental, complementary ~ सहायक रंग, पूरक रंग (हर रंगके लिए दूसरा सहायक रंग होता है जिसे नियत परिमाणमें मिलानेपर वह रंग सफेद हो जाता है); ~ bar वर्णभेद, गोरे कालेके बीच कानूनी भेदभाव; ~-blind वर्णान्ध, रंग पहचाननेमें अक्षम; रँगौधिया; ~man रंगविक्रेता, रंगोंका सौदागर, रंग बेचनेवाला; ~-scheme किसी कमरे या फूलकी क्यारीको सजाने या अलंकृत करनेकी विधि या ढाँचा या बाधनूँ; ~-sergeant ध्वजरक्षक, ध्वजवाही सैनिक, झण्डेका रक्षक, झण्डा-सिपाही; ~-wash रंग फेरकर बिगाड़नेका कार्य (v.t. भी); fundamental, primary, simple *~s* मूलवर्ण, वास्तविक रंग (रक्त, हरित और बैंगनी या चित्रकारीमें रक्त, नील और पीत; शेष रंग इन्हींके विभिन्न परिमाणके मिश्रणसे बनते हैं); man of, woman of ~ अश्वेतजातीय पुरुष या स्त्री, नीग्रो आदि, काला आदमी; secondary ~ मिश्रित वर्ण, दो मूल वर्णोंके मिश्रणसे बना वर्ण; *a blind man is no judge for ~s* अन्धा क्या जाने बसन्तकी बहार; *change ~* रंग बदलना या बदल जाना, लज्जासे सुर्ख हो जाना, सुर्खी दौड़ जाना; *come off with flying ~* सफलता पाना, बाजी जीतना, विजय प्राप्त करना; *gain ~* रंग आना, लाल होना; *get* one's, *give* one *his, ~s* व्यायाम करने या खेलनेवालोंकी संस्थामें प्रविष्ट किया जाना, ले लिया जाना, वर्दी पाना; *lose ~* रंग उड़ना या रंग फक हो जाना, पीला पड़ जाना; *nail ~s to mast* दृढ़ रहना, स्थिर रहना, जगहसे न हटना, नीचे उतरनेसे इन्कार करना, जमे रहना; *sail under false ~s* दम्भी या धोखेबाजके अधीन रहना; *see the ~ of* one's *money* किसीसे रुपया प्राप्त करना; *show* one's *~s* अपनी मूलप्रकृतिको प्रकट करना; *with the ~s* सेनामें नियुक्त;

~-bearer, ~-box, ~ cake, ~ comparator, ~ comparison, ~ title, ~ effect, ~ factor, ~fast, ~-free, ~ index, ~ light signal, ~ line, ~-maker, ~-making, ~ reaction, ~ ribbon, ~ saucer, ~ slab, ~ spectrum, ~ standard, ~ test, ~ type, ~-washed, ~-washing.

colour[2] v.t. & i. रंजन करना, रंजित करना, रंगना; रंग देना, रंग भरना; सत्यको छिपाना, असत्य कथन करना (*highly ~ed details*); रंगा जाना, रंग आना, लज्जित होना, लजाना, झेंपना, शरमाना; प्रभाव छोड़ना, अपनी छाया देना (*motive ~s act*)।

colourable a. सुदर्शन, मनोहर, रमणीक, सुन्दरमूर्त्ति सम्पन्न; सत्याभासिक, आभासी, कृत्रिम, जाली, नकली।

colourableness n. आभासिता; सुदर्शनता।

colouration n. दे० COLORATION.

coloured a. रंजित, रंगीन; अगौर; अत्युक्त; ~ed person अगौरजातीय, गैरयोरुपीय।

colourful a. रंगीन; प्रसादकारी, सुदर्शन, मनोरंजक।

colouring n. रंजन, रँगाई आदि (क्रियागत अर्थोंमें); दे० COLORATION.

colourings n. रंजनद्रव्य।

colourist n. रंजक, वर्णपूरक, चित्रकार, वर्णपूरणमें दक्ष व्यक्ति, वर्णकुशल, रंगसाज।

colouristic a. वर्णकुशलतापूर्ण, वर्णविचित्र।

colourization n. रंजन, रँगाई, रंगत।

colourless a. विवर्ण, पीला, जर्द; फीका, हलके रंगका; निर्वर्ण, वर्णहीन, अवर्ण, रंगहीन, बेरंग; तटस्थ, उदासीन, अलग-अलग; कुदर्शन, वैशद्यरहित, वैशिष्ट्यहीन, रूखा-फीका।

colourlessness n. विवर्णता, रंगहीनता, उदासीनता,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

वर्णहीनता, फीकापन, रूखापन, पीलापन ।
coloury a. (वाणिज्यमें उत्कर्षपरिचायक) वर्णोज्ज्वल; प्रसिद्ध, पक्का, चोखा, प्रामाणिक रूप-रंगका (जिससे मालकी श्रेष्ठता प्रकट होती है) ।
colportage n. फेरी लगाकर धार्मिक पुस्तकें बेचनेका ढंग ।
colporteur n. धर्मपुस्तकविक्रेता, फेरीवाला पुस्तक-विक्रेता, बाइबिलविक्रेता, धार्मिक पुस्तक बेचने या बाँटने-वाला ।
colpotomy n. योनिच्छेदन ।
colt[1] १. n. (नौवि०) कोड़ा, दण्ड देनेके काम आनेवाली रस्सी; किशोरक, अश्वक, अश्वशावक, बछेड़ा, चार-पाँच सालका जवान घोड़ा; अनुभवशून्य या कच्चा व्यक्ति; नया खिलाड़ी, अलल बछेड़ा, अनाड़ी; २. v.t. कोड़ेसे मारना; ~-herb या ~'s foot अश्वखुरा, लम्बी पत्तियोंवाली पीले फूलोंकी एक सुपरिचित घास; ~'s tail छिन्नान्त मेघ, फटे-फटे किनारेवाले बादल; *he icho can not ride a gentle horse must not back a mad* ~ बिच्छूका मन्त्र न जाने साँपके बिलमें हाथ डाले ।
colt[2] n. एक स्वयंचालित तमंचा या बन्दूक, कोल्ट पिस्तौल ।
colter n. क्षुरप्र, खुरपा: हलका फार ।
colthood n. बछेड़ापन; अनाड़ीपन ।
coltish a. बछेड़े-सा; अनाड़ी, नटखट, खिलन्दरा, बेहूदा ।
Coluber n. एक निर्विष सर्प, कोलूबर ।
colubrine a. कोलूबरा साँपका, सर्पके समान ।
Columba a. पारावत, कपोत ।
columbarium n. (pl. ~*ia*) (आधु० प्रयोगमें) अस्थिशेष रखनेका ठाकुरद्वारा ।
columbate n. काशीय, एक मूल्यवान् धातु ।
Columbian a. कोलम्बसका, अमरीकी ।
columbic a. काशिक (~*acid*) ।
columbier n. लिखनेके कागजका आकार (२३½ × ३४½ इंच) ।
columbine[1] १. n. निसुमन, कपोतीय, पाँच कबूतरों-के समुच्चय-जैसे फूलवाला एक पौधा; मेकपाद; २. a. कपोतानील, कपोतवर्ण ।
Columbine[2] n. मूक अभिनयमें नायिका, भड़ुआइन ।
columbite n. अयःकाशिज, काशनी रंगकी एक धातु ।
columbium n. काशधातु, काशनी रंगकी एक धातु ।
columella n. (वन०) स्तम्भिका, कील, नरी, खूँटी ।
column n. (समाचार-पत्रोंका लम्बाईमें) स्तम्भ, वर्गीकरण, कालम; विशेष विषयोंके लिए दिये हुए विभाग; स्कन्ध; सैन्यश्रेणी, टुकड़ी (जिसका सामनेका भाग कम चौड़ा हो); स्कन्ध, वंश, खम्भ, खम्भा, मीनार, लाट; (ला०) अवलम्ब, साहाय्य, सहाय, टेक; advertisement ~s विज्ञापनके स्तम्भ; ~ of smoke धूमस्तम्भ, सीधे उठने-वाला धुआँ; ~ of water, mercury पानी या पारेका स्तम्भाकार पुंज; ~-shaped object (श०र०शा० और वन०में) स्तम्भाकार पदार्थ, स्तम्भका इस प्रकारका भाग या पुर्जा आदि; fifth ~ जहाजोंकी पंक्ति, जहाजोंका बेड़ा (जब वे एक दूसरेके पीछे जा रहे हों), शत्रुसंस्था, गुप्त सैन्य; our ~s, the ~s of the (Times) (टाइम्स) समाचार-पत्रका वस्तु-विषय; quarter ~ छः कदमके अन्तरकी पंक्तियाँ; *in ~ of sections, platoons, companies* उपविभाग आदिकी पंक्तियोंमें ।
colum nar, columned aa. स्तम्भाकार, स्कन्धाकार, स्तम्भवत्, स्तम्भवाला, खम्भे-सा, खम्भेदार (~*arrange-ment, structure*) ।
columnated a. स्तम्भालंकृत, खम्भोंसे सजाया हुआ ।
columniation n. स्तम्भ-राजि, (किसी भवनमें) स्तम्भ विधा ।
columniform a. स्तम्भाकार ।
columnist ⊙ n. (किसी समाचार-पत्रमें क्रमशः लिखनेवाला) स्तम्भ-लेखक, जर्नलिस्ट; fifth ~ विश्वास-घाती राजनीतिक, गुप्त शत्रु ।
colure n. (ज्यौतिष) उन्मण्डल, ध्रुववृत्त ।
colza n. वन्य कपिशाक; = COLE-SEED गोभीका बीज, करमकल्लेका बीज ।
coma[1] n. अधिमूर्च्छा, प्रमाद, अचेतनावस्था, अचेतनता, आलस्य, शिथिलता, अस्वाभाविक गम्भीर निद्रा, परिन्यिष्टि ।
coma[2] n. (pl. ~*ae*) पुच्छलतारेके सिरपर लिपटी हुई नीहारिका, धूमावरण; बीजरोम, संगुच्छ, बीजके अन्तमें बालोंका महीन गुच्छा, बीजका गुच्छा, बीजकी दाढ़ी, फटीर, रेशेदार अँखुआ; पेड़की चोटी ।
comate a. केशी, रोमयुक्त, रेशेदार ।
co-mate n. संगी, साथी ।
comatose a. संज्ञाहीन, निद्रातुर, अचेत, बेखबर ।
comb[1]* n. कंकट, कंघा, कंघी*; ऊन साफ करने या बिजली संग्रह करनेका कंघीजैसा यन्त्र; (मुर्ग आदि पक्षियोंका) केश, ताज, कलगी; शिखा, चूड़ा, चोटी; लहर या पहाड़की चोटी; मधुकोष, छत्र, छत्रक, शहदका छत्ता; ~-out कंघी करनेकी प्रक्रिया या स्थिति; curry-~ खरहरा; *cut the ~ of* तिरस्कृत करना, शेखी किरकिरी करना ।
comb[2] v.t. & i. कंकतन करना, कंघी करना, ऊन या सनको साफ करना, खरहरा करना; बल निकालना, तूमना; (लहरका) पेचानी होना, बल मारना; बल खाना; (स्थानको पूर्ण रूपसे) खोजना, ढूँढ़ना; ~ *out* चुन लेना, निकाल लेना, छाँट लेना; रंगरूट भर्ती करना ।
combat १. n. संयोध, संघर्ष, द्वन्द्व, सामना, लड़ाई; २. v.t. & i. संयोधन करना, प्रत्युपाय करना, युद्ध करना, संघर्ष करना, प्रतिरोध करना, विरोध करना, सामना करना, लड़ना, भिड़ना, लड़ाई करना, मुकाबिला करना; single ~ द्वन्द्वयुद्ध, कुश्ती, अकेले-अकेलेका दंगल ।
combatable a. संयोधनीय, प्रतिरोधनीय, योधनीय ।
combatant n. & a. योद्धा, संयोधी, लड़नेवाला (~-*unit*) ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

combative a. रणशील, लड़ाका, झगड़ालू, जुझारू।
combativeness n. लड़ाकूपन, झगड़ालूपन, जुझारूपन।
combed a. कंघीदार, कंघी किया हुआ (*~cotton*); honey-~ मधुकोषयुक्त, छत्ते-जैसा, छत्तेभरा, छत्तेवाला।
comber n. कंघी करनेवाला (आदि क्रियागत अर्थोंमें); कंकत, कंघा; धुना, धुनकी, ऊन या सन साफ करनेका औजार; बल खानेवाली लहर।
combination n. व्यक्तियों या वस्तुओंका समुच्चय, संघ; (गणित, बहु०) संचयन, संचय; संहति, संयोजन, समेकन, संश्लेष, संघात, संसर्ग, संयोग, संग, समवाय, व्यतिकर, सम्मिलन, जुटाव, मेल, एकजाई, मिलत; संयुक्त कार्य; (रसा०) संयोग, मिलाव, भिन्नगुणात्मक द्रव्योंका सम्मिश्रण; एकमें ही जुड़े हुए पाजामा और कुर्ता वाली स्त्रियोंकी तङ्ग पोशाक; साइडकारवाली मोटर-साइकिल; ~ (lock) (सेफों और भीतरी कमरोंमें सुरक्षाके विचारसे ताला बन्द करनेका) पेंचदार ढंग; ~-room कैम्ब्रिजमें विद्यार्थियोंका कमरा;
~ fuse, ~ law, ~ nucleus, ~ pools, ~ stand, ~ tone.
combinational a. संयोज्य, संयोजनीय, संघाती, संयोगशील।
combinative a. संयोजक, संयोजनीय, संयुक्त, एकत्र, ऐक्यकारक, इकट्ठा हो जानेवाला।
combinator n. संयोजक, संयोगी।
combine १. n. संयत्र, संयुक्तक, पटरा, फसलको पीटनेकी मशीन; समुच्चय, गुट्ट, एका, जत्था; घेरा; २. v.t. & i. संश्लिष्ट करना, संयोजन करना, समेकन करना, संयुक्त करना, सम्मिश्रित करना, संघबद्ध करना, संहत या समवेत करना, एकीकृत करना, एक करना, मिलाना; मिल जाना, मिलित होना, जमा होना, इकट्ठा हो जाना; विभिन्न गुण रखना; संघटित होना, समन्वित होना, संयुक्त होना, एक तत्त्वमें मिश्रित करना।
combined a. संयुक्त, संयोजित; ~ed operation संयुक्त रूपसे आक्रमण;
~ class, ~ drill, ~ fare, ~ influence, ~ report, ~ volume.
combiner n. संयोजक।
combing १. n. कंघी करना आदि (क्रियागत अर्थोंमें); झाड़न, झड़न-झुड़न; सफाई, झड़ाई, तुमाई।
combings n. pl. कंघी करते समय टूटकर अलग हुए बाल; झड़न-झुड़न।
combining a. संयोजक, संयोजन-(*~ power*)।
comburimetry n. दहानिलमिति, गैसको जलानेके लिए हवाकी प्रक्रिया।
combust a. ज्योतिर्मितिमें उस ताराका जो सूर्यके अति निकट है; सूर्यतप्त, प्रज्वलित, दग्ध।
combustibility n. दाह्यता, ज्वलनार्हता, दाह-ग्राहकता, ज्वलनशीलता, दहनशीलता।
combustible n. & a. ज्वलनार्ह, सुदाह्य, दाह्य, दहनीय, दाहग्राहक, दहनशील, ज्वलनशील, भड़क उठनेवाला, आग पकड़नेवाला (*~ material*)।
combustibleness n. दाह्यता; ज्वलनशीलता।
combustion n. ग्लोष, ज्वलन, दहन, दाह, जलना; (रसा० आदि) रासायनिक संयोगसे प्रकाश और तापकी अभिवृद्धि; सजीव स्नायुका जारण, जारणा;
~ boat, ~ cell, ~ chamber, ~ engine, C~ Engineer, ~ engineering, ~ furnace, ~ glass-tube, ~ hood, ~ method, ~ motor, ~ spoon, ~ test tube, ~ train, ~ tube.
come[1] n. ~-and-go आवागमन, इधर-उधरकी आवा-जाही; ~-down अपकर्ष, ह्रास, पतन, गिरावट।
come[2]* v. i. आगमन होना, आना*, किसी स्थान या समय या परिणामपर पहुँचना, आगे बढ़ना; आनीत होना, उपनीत होना, लाया जाना (*the dinner came*); ~ back⊙ वकयन्त्र, अर्क खींचनेका भभका, करमडेग; ~ back प्रत्यागमन, वापस आना; ~ on⊙ विश्वास; ~-outer⊙ जनित, उत्पन्न, पैदा हुआ; ~ *about* घटित होना; ~ *across* भेंट करना; ~ *along* शीघ्रता करो, जल्दी करो; ~ *and go* इधर-उधर आना जाना; क्षणिक या नश्वर होना; अल्पकालिक या संक्षिप्त भेंट; ~ *at* पहुँचना; ~ *back*⊙ पुनः आगे आना, फिर सामने आना; ~ *by* प्राप्त करना, पाना; ~ *down upon* दण्डित करना, दण्ड देना, सजा देना; ~ *home to* अत्यधिक प्रभावित करना, अधिक प्रभाव डालना, ज्यादा असर डालना; ~ *in* प्रविष्ट होना, प्रवेश करना, घुसना, अन्दर जाना; ~ *in* one's *way* विघ्न डालना, बाधा उपस्थित करना; ~ *in to* प्राप्त करना, पाना; ~ *into effect, force* लागू होना, प्रवर्तित होना, प्रभावी होना: ~ *into sight* दृष्टिगोचर होना, दृष्टिपथमें आना, नजरके सामने आना; ~ *into world* पैदा होना; ~ *of age* वयस्क होना; ~ *off* पृथक् होना, विलग होना, अलग होना; ~ *out* सफल होना, कामयाब होना; ~ *out*⊙ (प्रतियोगिता इत्यादिसे) अपनेको अलग करना; ~ *round* पुनः स्वस्थ होना, चंगा होना; ~ *short* असफल होना, फेल होना; ~ *to a close* बन्द होना; ~ *to an end* समाप्त होना, अन्त होना, खतम हो जाना; ~ *to a point* एक सिरेपर सूच्याकार या नुकीला होना; ~ *to blows* लड़ जाना, भिड़ जाना; ~ *to hand* प्राप्त होना, (पत्र आदिके विषयमें) पहुँचना; ~ *to light* प्रत्यक्ष होना, स्पष्ट होना, आँखोंके सामने होना; ~ *to pass* घटित होना; ~ *up* आरोहण, चढ़ना; ~ *upon* सहसा आक्रमण करना, एकाएक हमला करना; ~ *what may* जो चाहे सो हो; *let 'em all* ~(आ०) उद्यतता, सन्नद्धताकी घोषणा, तैयारी है; *light* ~ *light go* सहज मिला सहज गया; *two years* ~ *Christmas* इस समयसे क्रिसमसतकके दो वर्ष।
come[3]⊙ int. देखो!

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

come-at-able a. सुलभ, सुगम, सहजप्राप्य, पहुँचके अन्दर, पहुँचमें।

comedian n. कॉमेडी (सुखान्त नाटक)का अभिनेता या लेखक।

comedienne n. सुखान्त नाटककी अभिनेत्री, कॉमेडीकी पात्री।

comedietta n. छोटा प्रहसन या सुखान्त नाटक, सुखान्त नाटक या छोटी कॉमेडी।

comedist n. कॉमेडी (सुखान्त नाटक)का लेखक।

comedo n. त्वचापरका काला दाना, मरसा।

comedy n. हर्षप्रधान नाटक, मनोरंजक (और प्रायः व्यंग्यात्मक चरित्र अथवा जीवनका स्फुटीकरण करनेवाला) सुखान्त नाटक, कॉमेडी; नाटककी एक शाखा या भेद (जिसमें साधारण व्यक्तियों और बोलचालका उपयोग किया गया हो); जीवनकी कोई सुखद घटना या जीवन।

comeliness n. चारुता, मनोहरता, आकर्षकता, सुरूपता, सुन्दरता।

comely a. सुश्री, चारु, मनोहर, आकर्षक, दर्शनीय, सुदर्शन, सुरूप, सुन्दर (आकृति, कभी-कभी व्यवहार या आचरण भी), आनन्ददायक; उपयुक्त।

comer n. आगन्ता, आगन्तुक, आनेवाला; all ~s चुनौती लेने या स्वीकार करनेवाला।

comestible n. (प्रायः pl.) खाद्य द्रव्य, खाद्य पदार्थ।

comet n. धूमकेतु, केतु, पुच्छलतारा, झाड़ूतारा; ~-finder साधारण दूरेक्ष, कम शक्तिका दूरेक्ष (जो धूमकेतुओंको खोजनेके काम आता है), मामूली दूरबीन; ~-wine पुच्छलतारेवाले वर्षमें खींची गयी शराब (जिसे प्रायः श्रेष्ठ माना जाता है); ~-year धूमकेतु-वर्ष (जिस वर्षमें धूमकेतुका उदय होता है)।

cometary, cometic aa. धूमकेतु-सम्बन्धी।

cometic a. धूमकैतुक, धूमकेतु-सम्बन्धी, पुच्छलतारासे सम्बन्धित।

cometography n. धूमकेतु-वर्णना।

cometology n. धूमकेतु-विज्ञान।

comfit n. मिष्टान्न, मिठाई, मेवोंकी मिठाई, पाग, इलाचीदाना, प्रत्येक प्रकारकी मिठाई (जिसके अन्दर सूखा फल या गरी हो)।

comfort* १. n. सौख्य*, सुस्थता; सुखकारक पदार्थ या सामग्री, सुखकर वस्तु, सन्तोषजनक या सन्तोषकारक पदार्थ, परितोषका कारण; सान्त्वना, उपशम, आश्वासन, विश्रान्ति, सन्तोष; निर्वृति, हर्ष, सुख*, आराम*, इत्मीनान; सान्त्वना या आश्वासन देनेवाला; २. v.t. सान्त्वना देना, ढाढ़स बँधाना, धीरज देना, आराम पहुँचाना; प्रफुल्ल करना; ~s fund सुखनिधि, creature ~ अच्छा खाना, कपड़ा आदि; ~ *the king's enemies* (प्रा०) राजद्रोहियोंकी सहायता करना।

comfortable a. सुविधापूर्ण (~ *home*); आनन्दप्रद, सुखद, सुखकर, आरामदेह; स्थिरमति, सुस्थिर, शान्त; निर्द्वन्द्व, निश्चिन्त, स्वच्छन्द, सुखी, मौजी; the C~ Words 'Absolution in the Communion Office'के बाद आनेवाले बाइबिलके चार अंश।

comforter n. शान्तिदायक, आश्वासक, आश्वासनदाता, सुखदायी, ढ्ढेशापहृ, सान्त्वनाकारी, सुख पहुँचानेवाला; बच्चोंके लिए कृत्रिम चूचुक, चुसनी; गलेमें बाँधी जानेवाला ऊनी रूमाल; Job's ~ ढाढ़स बँधाते हतोत्साह कर देनेवाला व्यक्ति; *the C~* पवित्रात्मा।

comfortless a. निरानन्द, सुखरहित, दुखी, बेचैन, सन्तोषहीन, असुखी; दुःखद; अतिशय शोचनीय।

comfrey n. (pl. ~*s*) लम्बा खुरदरी पत्तियोंवाला एक पौधा, कम्फ्रे।

comfy a. (बोल०) सुखप्रद, सुविधाजनक, सुखकर।

comic १. n. (बोल०) संगीतकक्षका विदूषक या मसखरा; २. a. हास्योत्पादक, हासकर, हास्यजनक, हासपूर्ण, हँसी लानेवाला (~ *song, ~ history of Rome* आदि); प्रहसन-सम्बन्धी, कॉमेडी-सम्बन्धी; हास्यपत्र, विनोद-पत्रिका; ~ opera प्रहसन, हास्यपूर्ण संगीत रूपक; ~ strip किसी पत्रमें क्रमशः मुद्रित होनेवाले (प्रायः हास्योत्पादक) रेखाचित्र।

comical a. हास्योत्पादक, हास्यकारक, हास्यपूर्ण; अपरूप, अद्भुत, विचित्र, असंगत, अनोखा, निराला।

comicality n. कौतुक, हास्यता, अपरूपता, विचित्रता।

comicalness n. प्रहसनत्व, हँसोड़पन।

Cominform n. (*com*munist *inform*ation का संक्षेप) सन् १९४७ में व्यवस्थित साम्यवाद सूचना केन्द्र।

coming १. n. आगमन, आना; २. a. भावी, आगामी; ~ *nineteen* १९ वर्षोंमें।

Comintern n. (*com*munist *intern*ational का संक्षेप) सन् १९१९ की तृतीय अन्तर्राष्ट्रीय साम्यवादी सभा।

comitadji n. (बलकान प्रदेशोंमें) अव्यवस्थित सैनिक दल या समूह, कॉमिताजी।

comitatus n. मध्यकालीन युगमें एक छोटा सामन्त, महासामन्त-पार्श्वरक्षक।

comitia n. जनसभा (प्राचीन रोममें)।

comity n. सौहार्द, सौजन्य, शिष्टता, शिष्टाचार, भद्रता, सुजनता, भलमंसी; ~ of nations अन्तर्राष्ट्रीय सौजन्य, राष्ट्रोंका सौजन्य, राष्ट्रोंके नियमों और प्रयोगोंके प्रति पारस्परिक मैत्रीपूर्ण मान्यता।

comma n. पुच्छबिन्दु, स्वल्पविराम, अल्पविराम, (अंकोंके अलगावके लिए प्रयुक्त होनेवाला एक चिह्न) कामा (,); (संगीत) अन्तरिका, सुरोंका सूक्ष्म अन्तराल या अन्तर; ~ bacillus करण्डकाणु, कॉमाके आकारके हैजेके कीटाणु; inverted ~s उद्धरण चिह्न, किसी उद्धरणके आदि और अन्तमें लगनेवाले उलटे अल्पविराम (जैसे, *he said 'no'* or *"no"* में).

command[1] n. नियोग, निदेश, समादेश, आदेश, शासन, आज्ञा, बोली, हुक्म (जिसपर सिपाही कवायद करते हैं), हिदायत, कमान; वशित्व, प्रभुत्व, नियन्त्रण, अधिकार; समादेशाधिकार, समादेश भक्ति; अधिष्ठातृत्व, आधिपत्य; सेना आदिका दल; सेनापतिके अधीन

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

क्षेत्र; ~ night राजकीय आदेशसे नाटककी रात; ~ paper राजाकी आज्ञासे पार्लियामेण्टमें पेश होनेवाला कागज; ~ performance राजाज्ञासे किया जानेवाला नाट्य; *at* ~ अधिकारमें, मुट्ठीमें; *at* ~ आज्ञा पालनके लिए तत्पर; *at* or *by* one's ~ किसीकी आज्ञाके अनुसरणमें; *great* ~ *of language* भाषापर असाधारण अधिकार; *in* ~ *of* नायकत्वमें; *under* ~ *of* के नियन्त्रण या कमानमें;

~ area, ~ committee, ~ pay, ~ paymaster.

commandant n. समादेष्टा, आदेष्टा, आज्ञापक, प्रभु; चमूपति।

commandeer v.t. (सैनिक आवश्यकतावश) सेनायत्त करना; प्रभावित करना, सिक्का बैठाना, रोब जमाना; छीन लेना, जब्त कर लेना (सामग्री आदि)।

commander n. समादेशक, आज्ञापक, आदेशकर्त्ता आदि (क्रियागत अर्थोंमें); सामन्त, अमीर, नाइटकी उच्च उपाधि; लकड़ीकी बड़ी मुँगरी; कमाण्डर, सेनापति, अधिपोतिक; C~-in-Chief मुख्यबलाधिकृत, महासेनापति, प्रधानसेनापति; (नौसेना०) पोताध्यक्ष या स्थान विशेषके समस्त जहाजोंका प्रधान; C~ of the Faithful इसलाम धर्मानुयायिओंके धार्मिक प्रधानकी उपाधि, अमीरुलमोमिनीन (इसलामके खलीफाकी उपाधि या खिताब); Wing C~ पक्षाध्यक्ष, वायुसेनाका अधिकारी या अफसर।

commandership n. (उपर्युक्त अर्थोंमें) अध्यक्ष पद, प्रधान पद।

commandery n. सेनाधिपति-शासित क्षेत्र।

commanding a. समादेशन, समादेश देना आदि (क्रियागत अर्थोंमें); समादेशक; (पहाड़ी) अवस्थितिका विस्तृत दृश्य देनेवाली; तेजोमय, उच्च, प्रभावशाली, शानदार, रोबदाबका (व्यक्ति, दृष्टि, योग्यता आदि); ~ Officer अफसर कमाण्डिंग।

commandment n. शास्त्राज्ञा, विधि (बाइबिलकी), ईश्वरीय आदेश या आज्ञा; eleventh c~ कोई भी आदेश या उपदेश (जो परिहासपूर्वक इनके साथका समझा जाय); the ten c~s मूसाकी दस आज्ञाएँ।

commando n. (pl. ~*s*) सेनाकी टुकड़ी, दल, पलटन, फौजी दस्ता; १९३९-४५ के युद्धमें ब्रिटिश साम्राज्यकी आक्रामक सेना।

commeasurable a. सपरिमाण, अनुरूप, तुल्य।

commemorable a. संस्मरणीय, अभिनन्दनीय।

commemorate v.t. स्मृतिरक्षा करना, उत्सव द्वारा स्मृतिको बनाये रखना; स्मरणोत्सव मनाना, स्मरणार्थ उत्सव करना; स्मारक (वस्तु) होना; अभिनन्दन करना, स्मरण करना, स्मृति मनाना (लेख या भाषणके रूपमें)।

commemoration n. स्मरणोत्सव, स्मृति-उत्सव, किसी पवित्र कार्य या सन्तके स्मरणार्थ उत्सव; (ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालयके) संस्थापकका वार्षिक स्मरणोत्सव; अभिनन्दन (~ *volume*), पुण्य-स्मरण, संस्मरण (~ *stamp*)।

commemorative, commemoratory aa. अभिनन्दनात्मक, स्मारक, यादगारी।

commence v.t. & i. उद्भूत होना, उत्पन्न होना; (प्रा०) चल पड़ना, चलाना, काम शुरू कर देना या कामका जम जाना (जैसे वकालत आदि); उपक्रम करना या होना, सूत्रपात करना, प्रारम्भ करना या होना, आरम्भ करना या होना, शुरू करना या होना; एम. ए. आदिकी पूर्ण उपाधि पा लेना।

commencement n. प्रारम्भण, प्रारम्भ आदि (क्रियागत अर्थोंमें); डबलिन, कैम्ब्रिज और अमेरिकी यूनिवर्सिटियोंमें दीक्षान्त समारोह या उपाधिवितरणोत्सव।

commencing a. प्रारम्भण- (~ *operations*)।

commend v.t. श्लाघा करना, अभिस्तव करना, संस्तवन करना, संस्तुति करना, गुणकथन करना, प्रशंसा करना, सई सिफारिश करना; रक्षार्थ सौंपना, हाथमें देना; ~ *me to* मेरी याद दिलाना; ~ *me to* मुझे अर्पित करना, मुझे प्रदान करना या देना (प्रायः व्यंग्यसे)।

commendable a. संस्ताव्य, प्रशंसार्ह, स्तुत्य, श्लाघ्य, प्रशंस्य, प्रशंसनीय।

commendableness n. श्लाघ्यता, प्रशंस्यता।

commendam n. (मठकी अधिकृत भूमि व सम्पत्तिसे अधिकारीकी अनुपस्थितिमें) अस्थायी लाभ, अवसर-लाभ।

commendation n. समनुमोदन, सिफारिश; संस्ताव, (~ *certificate*), संस्तुति, स्तुति, प्रशंसा, गुणकथन।

commendator n. संस्तावक, प्रशंसक, सिफारिश करनेवाला।

commendatory a. संस्तावी, श्लाघासूचक, स्तुतिद्योतक, प्रशंसात्मक, प्रशंसाकर, तारीफी; (मूल प्रापयिताकी अनुपस्थितिमें किसी) अन्यके अधिकारमें रहनेवाली (वृत्ति)।

commensal n. & a. (प्राणी, पौधा) परपिण्डोपजीवी; परोपजीवी; पांक्तेय, पंक्तिपावन, सहभोजी, एक मेजपर भोजन करनेवाला, हमनिवाला, हमप्याला।

commensalism, commensality nn. पांक्तेयता, पंक्तिभोजित्व, सहभोजित्व।

commensurability, commensurableness nn. समानुपातिकता, समपरिमाण, अनुरूपता, अनुकूलता।

commensurable a. (संख्याके विषयमें) सम्मेय, प्रमेय; अनुरूप, तुल्य; समपरिमाण्य; परिमाणविशिष्ट।

commensurate a. समानुपातिक; समव्यापी, अनुगुण, अनुकूल, अनुरूप, तुल्य, समान, बराबर।

commensurateness n. समानुपात, तुल्यता।

commensuration n. सम्माप, सन्तुलन, साम्य।

comment[1] n. भाष्य, विवृति, वृत्ति, व्याख्या, टीका, टिप्पणी, मतप्रकाश; समीक्षा, निरूपण, विवेचना, समालोचना।

comment[2] v.i. भाष्य या विवृति या टीका अथवा व्याख्या लिखना, टीका-टिप्पणी करना, व्याख्या करना, समालोचना करना (किसी पुस्तककी); मत प्रकट करना (किसी कृतिपर)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

commentary n. भाष्य, वृत्ति, अभिटिप्पण, टिप्पण, टिप्पणिका, टीका-टिप्पणी, टीका, व्याख्या; प्रतिकूल मत; अभ्युक्ति; किसी पुस्तक, भाषण या नाट्य-प्रयोगपर स्फुट विचार, मत, राय।

commentate v.t. टीका करना, टिप्पणी जोड़ना।

commentation n. भाष्य-निर्माण, समालोचन, मत-प्रकाशन।

commentator n. भाष्यकार, व्याख्याता, टीकाकार, व्याख्याकार, समालोचक (जो आँखों देखा विवरण वेतारसे प्रसारित करे)।

commentatorial a. वृत्ति-सम्बन्धी, व्याख्या या टीका करनेसे सम्बन्धित।

commerce n. व्यावसायिक, व्यापार, सौदागरी, तिजारत; संसर्ग, सम्पर्क, सामाजिक आलाप-परिचय, मेल-जोल; ताशका एक खेल; Chamber of C~ वाणिज्यशाला, वाणिज्यमण्डल, व्यापारमण्डल, व्यावसायिक मण्डल; ~-destroyer शत्रुके व्यापार-पोतोंको लूट लेनेवाला युद्धपोत।

commercial n. & a. वाणिज्यिक, वाणिज्य-सम्बन्धी, तिजारती; ~ room होटलका कमरा (जो व्यापारी यात्रियोंके लिए रहता है); ~ traveller व्यापार-यात्री, व्यापारका एजेण्ट (जो नमूने दिखाकर ऑर्डरकी माँग करता है)।

commercialism n. वाणिज्यवाद, बनियापन; व्यापारिकता।

commercialist n. वाणिज्यप्रेमी, वाणिज्यवादी, सौदागरीपसन्द, व्यापारी।

commerciality n. वाणिज्य।

commercialize v.t. व्यापारिक बनाना, बाजारमें संचारित करना।

commercium n. (क़ानून) दे० COMMERCE.

commere n. धर्म-माँ; प्रमोदोत्सवमें कार्यारम्भ करनेवाली महिला; गप्पी।

commerge v. i. सहमत होना; विलीन होना, एक जान हो जाना, मिल जाना।

comminate v.t. भीतिप्रदर्शन करना, डराना, धमकाना।

commination n. भीतिप्रदर्शन, दैवी आतंक या दैवी भयका प्रदर्शन, ईश्वरीय दण्डका भय; अभिशाप, धिक्कार, फटकार; बाइबिलके उन अंशोंका पाठ (जिनमें पापियोंके मरनेके बाद घोर दण्डकी व्यवस्था है)।

comminatory a. भयप्रदर्शक; अभिशाप-सम्बन्धी, धिक्कारपूर्ण।

commingle v.t. & i. सम्मिश्रण करना, मिश्रण करना या होना, मिलाना या मिलना, गड्डमड्ड करना या होना।

comminute v.t. चूर्ण करना; (सम्पत्तिका) छोटे-छोटे भागोंमें विभाजन करना; खण्ड-खण्ड करना; छोटे-छोटे टुकड़े करना, पुरजे-पुरजे करना; ~d fracture अस्थि-भंग, बहुखण्ड; मिश्र अस्थि भंग; किसी हड्डीका कई स्थानोंपर टूटना।

comminution n. (क्रियागत अर्थोंमें) चूर्णन; विभाजन, विभाग, बटवारा; बहुखण्ड।

commiserate v.t. & i. अनुकम्पा प्रकट करना, सहानुभूति प्रकट करना, सहानुभूति दिखाना, (किसीकी मृत्युपर) शोक प्रकट करना, करुणा दिखाना, दया करना, तरस खाना।

commiseration n. अनुकम्पा या करुणा या कृपा या दयाका प्रकटीकरण, शोक-प्रकाशन।

commiserative a. अनुकम्पाशील, करुणात्मक, दयार्द्र, सदय, दयाप्रकाशक, शोकमय।

commiserator n. दयालु, कृपालु, करुणार्द्र व्यक्ति, करुणाप्रकाशक।

commissar n. रूस (U. S. S. R.)के सरकारी विभाग का प्राध्यक्ष, अध्यक्ष, लोकसेवा-मन्त्री, कमिस्सर।

commissarial a. रसदविभाग-सम्बन्धी, कमिस्सरीका।

commissariat n. सेना-प्रदाय-विभाग, सेना-रसद-विभाग, मोदीखाना (जो खाद्य आदिकी पूर्ति करता है); सोवियत प्रजातन्त्रका लोकसेवा-विभाग, कमिस्सरका पद; कमिस्सरेट।

commissary n. सेनाका प्रदायाधिकारी, (सेनाके) प्रतिनिधि रसदविभागका अध्यक्ष; आयुक्ताधिकारी; प्रतिनिधि; बिशपका क्षेत्रीय या बिशपकी अनुपस्थितिमें उसका प्रतिनिधि; C~ general कमिस्सरेटका अध्यक्ष।

commissaryship n. रसद-विभागकी अध्यक्षता, कमिस्सरका पद।

commission[1] n. कमीशन एजेण्टकी लब्धि, वर्तन, बट्टा, दलाली, आढ़त, आढ़तियेकी सैकड़ा दर; अभिकर्म, (व्यापारमें अभिकर्त्ताके रूपमें) कार्याधिकार, दूसरोंकी ओरसे विक्रय करनेकी अनुमति, न्यास; कमीशन (*have goods on* ~); कार्यभार; (किसी व्यक्तिको) अधिकार-दान; आदेश, शासन-पत्र, आज्ञा, हिदायत, हुक्म; आयोग, अधिकारिवर्ग, कार्यार्थ अधिकारप्राप्त व्यक्तियोंकी समिति; आयुक्तपद; (स्थलसेना, जलसेना और वायुसेनाके लेफ्टिनेण्ट या पाइलट अफसर या और ऊँचे पदाधिकारियोंको) अधिकार प्रदान करनेवाला परमादेश; पापाचरण, गल्ती या अपराध होना; ~-agent आढ़तिया; ~-day अदालतके खुलनेका दिन (जब जजोंके निर्णयादेशोंकी घोषणा होती है); ~ of the peace शान्ति-आयोग, वह न्याय-संस्था या अदालत (जिसे *Justices of the Peace* कहते हैं); *in* ~ अधिकारप्राप्त (व्यक्ति), अधिपत्र द्वारा अधिकृत; सुसज्जित, सशस्त्र और समुद्यत (युद्धपोत); *on the* ~ आज्ञात, आयोगप्राप्त;

~ account, ~ basis, ~ bill, ~ charges, ~ del credere (परिशोधी), ~ merchant, ~ sales book, ~ shop, ~ vendor.

commission[2] v.t. आयुक्त करना, नियोग करना, आज्ञप्ति देना, अधिकृत करना; युद्धपोतकी अध्यक्षता देना; जहाजकी कमान ग्रहण करना (अफसरका); युद्धपोतको

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

प्रस्थान करने या युद्धार्थ जानेकी आज्ञा देना; कृतिके लिए किसी (कलाकार आदि)को कमीशन देना; C~ed Officer राष्ट्रपतिद्वारा नियुक्त अधिकारी, लोकपालद्वारा आयुक्त अधिकारी।

commissionaire n. सन्देशवाहक या हरकारों आदिकी नियुक्तिके लिए संघटित लन्दनके 'कमीशन कोर' का सदस्य; सन्देशवाहक दूत, नाट्यशालाओं या सिनेमा और बड़ी दुकानों आदिमें वर्दीधारी द्वारपाल, दरबान।

commissioned a. राजादिष्ट, आयोग या आज्ञप्ति द्वारा पदग्राही (अधिकारी, अफसर); नियुक्त, आज्ञप्त, अधिकृत; सेवाज्ञप्त, युद्धोद्यत (पोत)।

commissioner n. आयुक्त, (आयोग या आज्ञप्ति द्वारा नियुक्त) अधिष्ठाता, कमिश्नरीका शासक, कमिश्नर; क्षमताप्राप्त व्यक्ति, आयोग या नगरपालिका आदिका सदस्य (*charity, civil* ~); High C~ उच्चायुक्त, हाई-कमिश्नर; महाध्यक्ष, किसी विभाग या जिलेका सर्वोच्च अधिकारप्राप्त प्रतिनिधि।

commissionership n. आयुक्तका पद या कार्य।

commissural a. समामिल-वाहिनी; जोड़-सम्बन्धी, योजनिका-सम्बन्धी, दे० नीचे।

commissure n. समामिल (~ *loop*); मस्तिष्कके दोनों भागों और रीढ़की हड्डीके दोनों भागोंको मिलानेवाली नसें और रेशे; सीवन, पैवन्द, जोड़; योजनिका, सेतु, सन्धि, बीचका जोड़; घाई, बाछ, रेखा (जहाँ ओठों या पलकोंका मिलन होता है)।

commit v.t. आचरण करना, कर डालना, करना (अपराध, चूक); (अपने आपको) फँसा लेना, फँसना; (प्रतिष्ठा या चाल-चलनसे) समझौता करना; समितिमें (विधेयक) निर्दिष्ट या प्रेषित करना; अपक्षिप्त करना; वचनबद्ध करना; बँध जाना, पाबन्द होना; उपार्पण करना, अर्पण करना, निक्षिप्त करना, (उपचार या संरक्षणके विचारसे) सौंपना, सिपुर्द करना (रचना या कृतिको स्मृति, मिट्टी, आगमें); ~ *a breach of discipline* अनुशासन भंग करना; उल्लंघन करना; ~ *an error* विभ्रम करना, भूल करना; ~ *forgery* जालसाज़ी करना; ~ *to memory* कण्ठस्थ करना, रखना; ~ *to prison* कारागार या हवालातमें भेजना।

commitment n. उपार्पण; वचन, वचनबद्धता; करनी; संश्राव; संविदा; आसेध, निरोध, बन्धन, पाबन्दी (~ *warrant*); कारापवेशन, कैद।

committable a. उपार्प्य; करणीय।

committal n. उपार्पण, प्रतिश्रुति, निष्पादन, निक्षेप, आचरण, अनुष्ठान, करण, करनी; अर्पण, सौंपना; बँधन, कैद।

committed a. उपार्पित, वचनबद्ध, वाग्बद्ध।

committee* n. समिति*, संसद्, कार्यसम्पादिका सभा, कर्मनिर्वाहक सभा, कमेटी, कमिटी (*C~ of Supply*); ~ of action संघर्ष समिति; ~man किसी समितिका सदस्य; Joint C~ (विभिन्न दलों द्वारा मनोनीत सदस्योंकी) संयुक्त समिति; Select ~ प्रवर समिति; Standing C~ स्थायी समिति।

committing n. & a. उपार्पण (~ *court, ~judge*).

commix v.t. & i. (प्रा०, का०) मिश्रित करना या होना, मिलाना, मिलना।

commixture n. मिश्रण, मिलावट।

commode n. शृंगारकी आलमारी या सजावटी आलमारी; दराजदार सन्दूक या पेटी; शौचासन, मलमूत्र त्यागनेका पात्र, कमोड।

commodious a. (प्रा०) हलका-फुलका; सुविधाजनक, सुखकर; उपयोगी; विशद, विस्तृत, बड़ा, खुला।

commodiousness n. हलका-फुलकापन; सुविधा; वैशद्य, विस्तार, खुलापन।

commodity n. पण्य-द्रव्य, पण्य, विक्रयवस्तु, जिन्स, व्यापारकी वस्तु (*staple* ~), उपयोगी वस्तु, लाभदायक वस्तु; (प्रा०) सुविधा;

C~ Committee, ~ group, ~ market, ~ reversal test, ~ terms of trade, ~wise.

commodore n. पोतदलका उच्चतर अधिकारी, (केवल उपाधि) नौकागोष्ठीका अध्यक्ष, तीन या चार पोतोंका उच्चतर संचालक, चालकोंका कैप्टेन; उपनौपति, नौपदाधिकारी (जो कैप्टेनसे बड़ा और एडमिरलसे छोटा होता है), कमोडोर (ब्रिटिश नौसेनामें एक अस्थायी पद); Air C~ वायुसेनाका पदाधिकारी, एअर कमोडोर।

common[1] n. गोष्ठ, साधारणभूमि, सामूहिक क्षेत्र या भूमि; (चराई आदिका) सहाधिकार (जो किसीको परायी भूमिपर प्राप्त रहता है); *in* ~ सम्मिलित, साझेदारीमें; *in* ~ *with* उसी प्रकार, जैसा, वैसा ही (*in ~ with all sensible people I hold that...*); *out of the* ~ असाधारण, असामान्य।

common[2]* a. सामान्य*, साधारण*, आम (*a ~ experience*); मामूली ⊙; तुच्छ, बहुत मामूली, प्रतिष्ठाहीन, उपाधिहीन और स्थानहीन, पदहीन (~ *soldier*); सुविदित, अतिपरिचित, प्रसिद्ध (*C~ Snake, Nightshade*); सुलभ; कुत्सित, ग्राम्य, घटिया प्रकारका; (गणित) समापवर्त्य, समापवर्ती (~ *factor, multiple*); (छन्द०) विविध; सार्वजनीन, सार्वजनिक (~ *jail, scold*); संयुक्त, सम्मिलित, सर्वसामान्य, साझा (*our ~ humanity, ~ cause*); उभयनिष्ठ; ~ gender उभयलिंग; ~ ground (तर्क०) सामान्य आधार (जो दोनों पक्षोंको ग्राह्य हो); ~ intent सामान्य हेतु या अभिप्राय; ~ law देशाचार, प्रचलित विधान, परम्परागत होनेसे राजदरबार द्वारा व्यवस्थापित इंग्लैण्डका अलिखित कानून; ~ metre स्तोत्रका छन्द चार पंक्तियोंका; ~ noun जातिवाचक संज्ञा; C~ Prayer षष्ठ एडवर्डके शासनकालमें इंग्लैण्डके गिरजोंमें प्रचलित हुई प्रार्थनाएँ; ~ room विनोदकक्ष, कामनरूम (छात्रावासोंमें); ~ school लोकपाठशाला; ~ sense सामान्य बोध, व्यावहारिक ज्ञान, समझ; ~ stair सम्मिलित सीढ़ी; भीतरकी ऐसी सीढ़ी (जिससे कई स्वतन्त्र खण्डों

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

या मकानतक जाया जा सके); ~ time, measure (संगीत) दुहरा या चौहरा ताल, ठहराव (जिसमें दो या चार सुर निकाले जाते हैं); ~weal (प्रा०) लोकहित, जनकल्याण, सर्वसामान्यहित;

~ ale-house, ~ ancestor, ~ chase, ~ concern, ~ feature, ~ fund, ~ good, ~ interest, ~ lands, ~ measure, ~ mess, ~ nuisance, ~ object, ~ people, ~ property, ~ section, ~ source, ~ witness.

commonable a. (पशु) सामूहिक भूमिपर चराये जानेवाले; सामूहिक, साझेवाला, पंचायती (भूमि)।

commonage n. सर्वसाधारण, जनसाधारण; सामान्य भूमि-अधिकार, साधारण अधिकार; सामूहिक भूमि, साझेकी भूमि, आम मैदान।

commonalty n. निकाय, संस्था; समुदाय, गण, लोक (मनुष्यों आदिका); जनता, जनसामान्य, जनसाधारण, साधारण लोग।

commoner n. (क्वचित्) लोकसदन-सदस्य, लोकसभाका सदस्य; सर्वसाधारण, साधारणजन, सामान्य व्यक्ति; सामूहिक भूमिधर; (ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटीका वह) विद्यार्थी (जिसे कॉलेजके फण्डसे कुछ नहीं मिलता); C~ First विधानसभाध्यक्ष, स्पीकर; the Great C~ एल्डर विलियम पिट।

commoney n. (मिट्टीकी बनी हुई खेलनेकी) गोली।

commonly adv. क्षुद्रतः, निम्नतः, घटिया तौरपर; न्यूनतः, न्यूनतया, अल्पमात्रामें (~ *honest*); सामान्यतया, सामान्यतः, साधारणतः, साधारणतया, प्रायः, आम तौरपर।

commonness n. सामान्यता, साधारणता, साझा, मामूलीपन; क्षुद्रता, तुच्छता।

commonplace[1] १. n. सामान्य प्रकरण, सामान्य विषय; अर्थशून्य वार्ता, निरर्थक बात; सामान्य, साधारण, क्षुद्र या तुच्छ वस्तु; साधारण बातें, पुरानी-धुरानी, सुनी-सुनाई बातें, थोथी बातें; विचारणीय अंश, उद्धरणीय अंश (जो प्रयोगोंके लिए नोटबुकमें लिखित हो); २. a. अमौलिक, मौलिकता-हीन; तुच्छ, क्षुद्र, साधारण, घटिया; ~ book नोटबुक, उद्धरण-पुस्तिका।

commonplace[2] v.t. & i. स्मरणपुस्तिकामें टाँकना; स्मरणीय अंशोंको उद्धृत करना; साधारण बातें दुहराना, थोथी बातें कहना, सुनी-सुनाई बातें कहना।

commonplaceness n. अमौलिकता, प्रतिभा-हीनता; क्षुद्रता, साधारणता, घटियापन।

Common-Pleas n. इंग्लैण्डके उच्च न्यायालयका विभाग (सन् १८७५)।

commons n. सामान्य जन, जनसाधारण, सामान्य जनता, लोग; लोक-सदन, लोकसभा (House of C~); दैनिक निर्वाह, रसद (*short* ~); सामान्याधिकार भूमि; नियत सामान्य आहार, सम्मिलित आहार, साझेका खाद्य; सामान्य चौका; (ऑक्सफोर्ड कैम्ब्रिजमें) नियत दरपर प्रदत्त खाद्यका निश्चित परिमाण।

commonwealth n. इंग्लैण्डकी प्रजातन्त्र सरकार; आस्ट्रेलियाके संयुक्तराज्यकी अभिधा या उपाधि; प्रजातन्त्र (ला० भी, जैसे ~ *of learning*); सार्व धन; स्वतन्त्र राष्ट्र या राज्य; (प्रा०) लोकहित, जनहित; मण्डली, टोली, कम्पनी (अभिनेताओंकी जो आयमें बराबर भागीदार हों); British C~ ब्रिटिश राष्ट्रोंका सामान्य तन्त्र, राष्ट्र-मण्डल।

commorancy n. (कानून) निवास।

commotion n. उपद्रव, विद्रोह, बगावत; संक्षोभ, क्षोभ, विप्लव; अशान्ति, हलचल, खलबली, गोलमाल, झगड़ा-फिसाद, गड़बड़।

commove v.t. उत्तेजित करना, उत्साहित करना, बढ़ावा देना, उकसाना।

communal a. साम्प्रदायिक, सामुदायिक, परस्पर विरोधी धार्मिक या जातीय वर्ग या सम्प्रदायका (~ *voting, elections*); सार्वलौकिक, सार्वजनीन, सार्वजनिक; विभागीय, मण्डलीय, पंचायती; पेरिस कम्यून-सम्बन्धी, पेरिसकी कम्यूनका।

communalism n. स्थानीय शासनवाद, स्थानीय स्वायत्त शासनका सिद्धान्त, कम्यूनी शासन-प्रबन्ध; साम्प्रदायिकता, सामुदायिकता; सहवासिता।

communalist a. सम्प्रदायवादी; स्थानीय स्वायत्त शासनवादी, कम्यून-शासकीय।

communalistic a. साम्प्रदायिक; स्थानीय शासन-सम्बन्धी।

communalization n. सामूहिकीकरण।

communalize v.t. सम्पत्तिको स्थानीय बस्ती या विषयकी बनाना।

communard n. १८७१ के पेरिस कम्यूनका अनुगामी; साम्यतन्त्री, साम्यवादी, कम्यूनिस्ट।

commune[1] n. स्थानीय शासन-विभाग, मण्डल, फ्रांसीसी परगना, कम्यून, तालुका; the *C~ (of Paris)* १८७१ की स्थानीय स्वायत्त शासनवादी सरकार; फ्रांसीसी क्रान्ति-कालकी शासन-संचालिका संस्था।

commune[2] v.t. परामर्श करना; विश्रब्ध आलाप करना, संलाप करना, घुल-मिलकर बात करना (व्यक्तिसे, अपने दिलमें); (अमेरिकामें) ईसाई सम्प्रदायमें ले लिया जाना, मसीही बनना या माना जाना; चिन्ता करना।

communicability, communicableness nn. प्रेषणीयता; संवादशीलता, ज्ञाप्यता, संक्रामकता।

communicable a. संक्रामक, संचारी (~ *disease*); ज्ञापनीय, सूचनीय, प्रेषणीय, कथनीय, कथनयोग्य; आलापप्रिय, संवादशील।

communicant n. संवाददाता; होली कम्यूनियन (ईसाई सम्प्रदाय) में सम्मिलित होनेवाला।

communicate v.t. & i. सम्पर्क बनाना, सम्बन्ध स्थापित करना; ईसाई मत (या होली कम्यूनियन) में सम्मिलित करना या होना; संवहन करना, भाग लेना, हिस्सा बँटाना; संचारण करना, संचार करना; संसूचन करना, संसूचित करना, प्रेषित करना, प्रदान करना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

पहुँचाना, बताना (उष्णता, वेग, अनुभूति, सम्वाद, अन्वेषण); (कमरों आदिका) साझादार होना, एक ही द्वार होना।

communication n. संसर्ग, सम्पर्क, सम्बन्ध; संसूचन, संसूचना, सूचना; सम्प्रेषण, संचारण; संवादवहन, पत्र-व्यवहार; सन्देश; संचार, संवहन, (~ *of energy*); यातायात, गमनागमन, आवागमन; सामान्य मार्ग, स्थानोंके बीच सामान्य या एकमात्र द्वार, सामान्य रेल या तार आदिका सम्बन्ध; (सेना० pl.) आधार या शिविर तथा युद्धभूमि या मोर्चेके बीचका सम्बन्ध; ~-pipe योजी नल।

communicative a. आलापप्रिय, संवादशील, वार्तारसिक, बातूनी; प्रेषणशील, संवहनशील; संचारी।

communicativeness n. संवादशीलता, बातूनीपन; प्रेषणशीलता, संवहनशीलता, संचारिता।

communicator n. संवाहक, संचारक, प्रेषक; सूचनाशृंखल, खतरेकी जंजीर (जो रेलोंमें लगी रहती है); प्रदायक, प्रेषक (व्यक्ति, वस्तु); (संवाद) प्रेषण-यन्त्र, तारयन्त्रका भाग (जो सन्देश भेजनेके काम आता है)।

communicatory a. संसूचक; संवाहक, संचारण करनेवाला, सन्देश देनेवाला।

communion n. संसर्ग, सम्पर्क, संगम; धर्मभ्रातृत्व, सहधर्मचारिता, सहकारिता; सहयोग; धार्मिक सम्प्रदाय; ईसाके अन्तिम भोजके स्मरणोत्सवमें अंश ग्रहण (*Holy C*~ भी); close ~ बप्तिस्माके सिद्धान्तोंके अनुसार बप्तिस्मा न पाये हुए व्यक्तिके लिए धार्मिक समारोहोंमें प्रवेश-निषेध; open ~ बप्तिस्मा लेनेके बाद धार्मिक उत्सवों आदिमें प्रवेशकी अनुमति; ~-rail कुछ गिरजोंमें भोजकी मेजके सामनेका जंगला।

communionist n. fellow ~ सवर्गीय, सहसम्प्रदायी, समानधर्मा; भोज समारोहमें प्रवेश-निषेधका समर्थक; भोजमें सबके प्रवेशका समर्थक।

communique n. पत्र-शप्ति, (आधिकारिक) विशप्ति, सरकारी सूचना।

communis a. = COMMON.

communism n. साम्यतन्त्र, साम्यवाद, सम्पत्तिका समाजीकरण (जिसमें प्रत्येक व्यक्ति अपनी शक्ति या योग्यताके अनुसार कार्य करे और अपनी आवश्यकताओंके अनुसार पारिश्रमिक प्राप्त करे), कम्यूनिज्म; साम्यवादी दल, साम्यवादी आन्दोलन, कोमिण्टर्नसे सम्बन्धित दल।

communist n. साम्यवादी, कम्यूनिस्ट (~ *party*)।

communistic a. साम्यतन्त्रीय, साम्यवादी।

communitarian n. (मार्क्ससे पहलेका) साम्यवादी; किसी वर्ग या जातिका सदस्य।

community n. राजनीतिक, सामाजिक और नागरिक संघटन; समुदाय, एक स्थानके समस्त निवासी; सम्प्रदाय, समान धर्म और व्यवसायवाले (*the Jewish* ~); लोकसमाज, समाज, गुट, समूह, सामाजिक या इतर लोकहितकारी संगठन; संघात; संघ; संस्वामित्व, साझा, हिस्सेदारी, शराकत (~ *of goods*); चारित्रिक वैशिष्ट्य, लक्षण, भेदक विशेषता; सहचारिता (~ *of interest*) आदि; (गुणवाचक भी, जैसे) ~ project सामुदायिक योजना; ~ *singing* समवेत गायन, जिस गायनमें सभी उपस्थित जन सम्मिलित हों;

~ development project, ~ life, ~ project administration.

communization n. साम्यीकरण, समूहीकरण; समाजीकरण।

communize v.t. साम्यीकरण करना, समूहीकरण करना, समाजीकरण करना।

commutability n. विनिमेयता, परिवर्तनशीलता, न्यादेश्यता।

commutable a. न्यादेश्य, लब्धादेश्य, निमेय, विनिमेय, परिवर्तनीय, एकराशिदेय, संराशिदेय, विनिमय योग्य, अदला-बदला करने योग्य।

commutableness n. = COMMUTABILITY.

commutate v.t. = COMMUTE.

commutation n. विनिमय, निमय, परिवर्तन; न्यादेश, लब्धादेश; संराशिदान, एकराशिदान; व्यत्यय, भुनाई, अदला-बदली; सिक्केका बदलाव; C~ Act अन्तर्वर्तन व्यवस्था, इंग्लैण्डमें १८३६ की लगान घटानेकी व्यवस्था; ~ ticket ⊙ अस्थायी टिकट (जो कुछ अवधिके लिए चालू किये जाते हैं), सीजन टिकट;

~ dues, ~ fees, ~ licence, ~ system, ~ value.

commutative a. विनिमेय, विनिमयशील; व्यत्यय- (~ *addition, law*)।

commutator n. विनिमय या अदला-बदलीकी वस्तु या व्यक्ति; व्यत्ययक; दिक्-परिवर्तक, विद्युत्धाराकी गति परिवर्तित करनेका उपकरण।

commute v.t. & i. विनिमयन करना, विनिमय करना, निमय करना, अदला-बदली करना (दो वस्तुओंकी); अन्तर्वर्तन करना, परिवर्तन करना; भुनाना; न्यादेशन करना, लब्धादेशन करना, लघूकृत करना, बदलना, बदलकर हलका करना (दण्ड); व्यत्ययन करना, व्यत्यय करना; प्राप्तिकी वस्तु बदल देना; सीजन टिकट खरीदना और उसका प्रयोग करना ⊙।

commuted a. लघूकृत (~ *furlough*); संराशित (~ *payment*)।

commuter ⊙ n. सीजन टिकटवाला।

Comorin a. कन्या-कुमारी, कुमारी (अन्तरीप)।

comose, comosus aa. केशी, रोमी, बालयुक्त, रोवेंवाला।

compact[1] n. सम्विदा; परिसम्विद्, गुटबन्दी, दलोंके मध्य समझौता, मेलजोल, मुंआहिदा, सौदाबाजी; general ~ सर्वसम्मति, आम रजामन्दी; family, social ~ पारिवारिक, सामाजिक समझौता।

compact[2] १. n. हलकी छोटी शृंगार-मंजूषा या उसके रखनेका डिब्बा; २. a. निबिड़ (~ *gland*), संहत (~ *area*), संघन, सघन, ठोस, घना; संक्षिप्त, सुसम्बद्ध,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

चुस्त (शैली); सुसंहत, दृढ़, कसा हुआ, भिचा हुआ, तहपर तह जमा हुआ।

compact[3] v.t. निबिडन करना, संघनन करना, घना या ठोस करना, संहत करना, जोड़ना, जमाना, कसना, भींचना; संक्षिप्त करना; रचना करना, बनाना।

compacted a. घनीभूत, परस्परसंहत, ठसाठस भरा हुआ।

compaction n. = COMPACTNESS.

compactness n. निबिडता, सघनता, घनता, जोड़; दृढ़ता, मजबूती।

compactum n. सिंगार बटुवा।

compages n. संहति, जुड़ाई; ढाँचा, खाका, पंजर।

compaginate[1] v.t. संयुक्त करना, मजबूतीसे जोड़ना, मिलाना।

compaginate[2], **-ed** aa. सघन, संहत, संयुक्त।

compagination n. खण्ड-संयोजन; सम्बन्ध, संयोग, मिलाव, मेल।

companion[1] १. n. सहपथी, सहयात्री, सहयायी; सहचर, सुहृद्, सखा, मित्र,साथी, यार; सहभागी, साझी, हिस्सेदार; सखी, सहेली, सहचरी, साथिन; अन्यके साथ रहनेके लिए वृत्तिभोगी व्यक्ति (प्रायः स्त्री); (गुणवाचक भी जैसे *~volume*); साथका, जोड़ मिलानेवाला, मेल खानेवाली चीज, मेली, संगी; सहायक पुस्तक (*Gardener's ~*); नाइटसे छोटी उपाधि (*C~ of the Bath*); २. v.t. & i. संग रहना, संग लगना, साथ देना; साथी सैनिक, सहपथिक; ~in arms साथी सैनिक; सहपथिक; C~ of Honour कम्पैनियन ऑव् ऑनरकी उपाधि; ~ series सहश्रेणी।

companion[2] n. (नौवि०) रोशनदान, समुत्थित वातायन (जो डेकपर होता है और जिससे निचले केबिनोंमें प्रकाश पहुँचता है): ~ hatch रोशनदानका मोखा, दरीचा; ~-hatchway जहाजी छत्ता, ताखा (जो डेकसे केबिनतक होता है); ~-ladder डेकसे केबिनतककी सीढ़ियाँ; ~-way केबिनकी छतदार सीढ़ियाँ।

companionable a. मिलापी, मिलनसार, मेली, यारबाश; जिन्दादिल।

companionableness n. मैत्री, मिलाप, मिलनसारी, मेल, साथ; जिन्दादिली।

companionate a. मित्र-विभक्त, साझेदारीवाला; दोस्ताना; ~ marriage मुताहः दोस्ताना शादी (जिसमें सन्तति-नियमन आदिके प्रयोगके कारण स्थायित्वकी आवश्यकता न रहे और जो सरलतापूर्वक तोड़ी जा सके)।

companionship n. सहयात्रित्व, सहयात्रा, साहचर्य; (छपाईमें) साथ काम करनेवाले कम्पोजिटरोंका दल।

company* १. n. निगम*, श्रेणी, व्यक्तियोंका दल, समूह या गुट (जो समान उद्देश्यके लिए संघटित हो), व्यापार-समिति, कम्पनी*; खिलाड़ियोंकी मण्डली; सामाजिक भोज; अतिथि-संवास, संसर्ग, साहचर्य, संगति, साथ*; समवाय, वृन्द, समाज, गण, वर्ग, जनसमूह, पंक्ति; किसीका नित्य सहचर, संगी (*addicted to low ~*); कारखानेका भागीदार (जिसका नाम कारखानेकी पंजीमें न हो जैसे, *Smith & Co.*); पैदल सेनाका उपविभाग (जिसका नायक मेजर या कैप्टेन होता है), गुल्म, कम्पनी; २. v.t. (प्रा०) संग करना, साथ देना, साथ रहना; ३. v. i. मेल करना; bad ~ शुष्क सहचर, नीरस साथी; ~ manners बनावटी शिष्टाचार, दिखावटी शिष्टता; C~ Officer कैप्टेन या उससे निम्न आयुक्त अधिकारी; C~ Serjeant Major गुल्म या कम्पनीका उच्च अनायुक्त अधिकारी; R. A. S. C., R E. आदिकी इकाई; good ~ मौजी साथी, अच्छा साथी; Joint Stock C~ संयुक्त स्कन्ध-समवाय, सम्मिलित व्यापार संघ; ship's ~ मल्लाह-मण्डली, जहाजी लोगोंका दल; *a man is known by the ~ he keeps* आदमी अपनी सोहबतसे पहचाना जाता है; *bear, keep, a person ~* संग या साथ जाना; *get* one's ~ कप्तानके पदके लिए उन्नति पाना; *in ~* संसर्ग, संग, साथ; *I sin in good ~* पापमें अच्छे-अच्छे मेरे साथ हैं अर्थात् मुझसे अच्छे लोग यह काम कर चुके हैं; *keep ~* मित्र होना, मिलना (चाहनेवालोंकी तरह), साथ देना; *part ~ (with)* साथ छूट जाना, अलग हो जाना; *weep for ~* किसीके शोकमें सम्मिलित होना (मित्रको रोता देखकर रोना); ~ account, C~ Act, C~ Commander, ~ director, ~ drill, C~ Law, ~ limited, ~ register.

comparability n. तुल्यता, तुलनीयता, सादृश्य, उपमेयता।

comparable a. तुल्य, तुलनीय, सदृश, समान; उपमेय, सम्प्रधारणीय, जोड़-तोड़का।

comparative n. & a. तुलना द्वारा स्पष्ट या प्रत्यक्ष; अनुषंगिक, आपेक्षिक (*~ advantage*); औपम्यमूलक, औपम्यपूर्ण, तौलनिक, तुलनात्मक, आमने-सामनेका, जोड़-तोड़का; उपमाजन्य, तुलित, अनुषंग या तुलना द्वारा निर्णीत, (*the ~ merits of*); ~ degree आपेक्षिक मात्रा या परिमाण; *in ~ comfort* अपेक्षया या अपेक्षाकृत सुखी।

comparatively adv. अपेक्षाकृत (*~ small*)।

comparator n. उपमात्र, आयतनमान, वर्गमाप।

compare[1] n. तुलना, उपमा, मिलान (*beyond, without, past, ~*)।

compare[2] v.t. & i. सादृश्य या समानता दिखाना, देखना (एक वस्तुको दूसरी वस्तुसे, दो वस्तुओंको परस्परमें); (दो पुस्तकोंके अंशों, अवतरणों आदिमें) एकता या समानताको परखना; तुलना करना, तुलना होना, मिलान करना, मिलान होना, मिलाना (*not to be ~d to*); जाँचना, टकराना (व्या०) तुलनामूलक और अतिशय-व्यंजक विशेषणों और क्रियाविशेषणोंका बनाना; (v. i.) साम्य या सादृश्य होना (*no lady can ~ with Sally*); ~ *notes* विचार-विनिमय करना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

comparison* n. तुलना*; औपम्य, उपमा; व्यतिरेक; degree of ~ तर-तम-सूचक, तुलनाबोधक (विशेषणों और क्रियाविशेषणोंके विषयमें); *in ~ with* तुलनामें, मुकाबलेमें।

compart v.t. खण्ड-खण्ड करके विभक्त करना; अलग-अलग भाग करना, श्रेणियों या दरजोंमें बाँटना।

compartment n. संविभाग, विभाग; (राज०) किसी विधेयकका पृथक् भाग या विचारार्थ विषय (जिसपर संसद्में विवादके लिए सरकार द्वारा निश्चित समय दिया गया हो); कोष्ठ, कमरा, खाना, डिब्बा, दरजा (जो पर्दा या ओट लगाके बना दिया जाय); रेलका डिब्बा; जहाजका उपविभाग या बन्द विभाग, खाना; विभक्त परीक्षा (*placed in ~*);

~ boundary, ~ formation, ~ history, ~ line, ~ method, ~ register.

compass[1] n. परिधि, वृत्त; विस्तार, क्षेत्र, घेरा (ला० भी जैसे *beyond my ~*); ध्वनिका क्षेत्र, आवाजका पाट, पहुँच; चक्कर, एँच-पेंच, हेर-फेर (*fetch, move, a ~*); दिक्सूचक यन्त्र, दिग्घटी, कुतुबनुमा (*Mariner's C~*); कर्कट, परकार; beam-~es प्रलम्ब परकार (जिसकी एक भुजाको घटा-बढ़ा सकते हैं); bow-~es धनुहिया परकार (जिसकी भुजा अन्दरकी ओर मोड़ सकते हैं); ~-plane दबे हुए तलको सम करनेवाला उन्नतोदर रन्दा; ~-plant कोई पौधा (जो दोपहरके सूर्यसे बचनेके लिए अपनी पत्तियोंको उत्तर-दक्षिण रखता हो); ~-saw पतले फलकी आरी (जो गाँठें और खम निकालनेके काम आती है); ~-timber जहाज आदि बनानेके काम आनेवाली गोल लकड़ी; ~ window झरोखा, बाहरकी ओर निकली हुई गोल खिड़की; *go a ~* चक्करसे जाना;

~ box, ~-card, ~-dial, ~ key, ~ needle, ~ pencil, ~ set.

compass[2] v.t. वेष्टित करना, प्रदक्षिणा या परिक्रमा करना, अवरोध करना, गिर्द फिरना, घेरना; युक्ति करना, उपाय निकालना, तदबीर निकालना; निष्पन्न करना, सम्पन्न करना, पूर्ण करना, पूरा करना, समझना, सूझना; गोट लगाना, मगजी लगाना।

compassable a. सम्पाद्य; वेष्टनीय, घेरने योग्य।

compassing n. कपट योजना, युक्ति, उपाय, तदबीर; इच्छा, इरादा, मनसूबा।

compassion n. अनुक्रोश, अनुकम्पा, करुणा, दया, कृपा, सहानुभूति, रहम, तरस (*have ~ on us*)।

compassionate[1] v.t. अनुकम्पा करना, करुणा करना, सहानुभूति प्रकट करना, दया दिखाना, दयापूर्ण व्यवहार करना, रहम करना, तरस खाना।

compassionate[2] a. सानुक्रोश, सानुकम्प, कारुणिक, समवेदनशील, सहानुभूतिपूर्ण, करुणार्द्र, सदय, कृपालु, दयालु, दयावान्, दयाशील, रहमदिल; ~ allowance कारुण्य-अधिदेय, दयामूलकभत्ता, कृपा-वृत्ति, (कानून द्वारा पेंशन न दे सकनेकी स्थितिमें प्रदत्त) साहाय्यवृत्ति; ~ leave दयापूर्वक प्रदत्त अवकाश;

~ fund, ~ gratuity, ~ pension.

compassionately adv. दयापूर्वक, दयालुतासे।

compassionateness n. सहानुभूतिशीलता, दयाशीलता, दयालुता, करुणा।

compatibility n. अविसंवाद, अविरुद्धता, अविरोध, अनुरूपता, अनुकूलता, संगति, अविरोध, योग्यता।

compatible a. अविरुद्ध, उपयुक्त, अनुरूप, अनुगुण, संगत, अनुकूल, मुनासिब।

compatibleness n. =COMPATIBILITY.

compatibly adv. अविवादतः, अविरोधपूर्वक।

compatriot n. एकदेशवासी, देशवासी।

compatriotic a. एकदेशीय।

compear v. i. न्यायालयमें उपस्थित होना (स्कॉट)।

compeer १. n. समानपदस्थ, वयस्य, सहचर, समानकर्मी, बन्धु, साथी, बराबरीवाला, हमजोली; २. v.t. बराबरी करना।

compel v.t. (का०) ढकेलना, ठेलना; किसी कामको बलपूर्वक करा लेना (*~ submission*); विवश करना, बाधित करना, बाध्य करना, सम्बाधित करना, दबाना, मजबूर या लाचार करना।

compellable a. सम्बाधनीय, बाध्य, विवश करने योग्य।

compellation n. सम्बोधन करनेका ढंग, सम्बोधन-शैली।

compellative n. सम्बोधन-पद।

compend n. संक्षिप्त रूप, = COMPENDIUM.

compendious a. सारगर्भित, सारभूत, अविस्तीर्ण, परिमित, संक्षेपी, संक्षिप्त (रचना और रचनाकार)।

compendiousness n. सारगर्भित्व, सारभूतत्व, अविस्तीर्णता, परिमितत्व, संक्षेप।

compendiously adv. समासतः, संक्षेपतः, अविस्तरेण।

compendium n. संक्षेपण; सारांश, सार, संक्षिप्त संग्रह, संक्षेप।

compensate v.t. & i. प्रत्युपकार करना, समतुल्य करना, बदला देना, मुआवजा देना; प्रतिदान करना, प्रतिदान देना (किसीकी वस्तुके लिए); क्षतिपूरण करना, क्षतिपूर्ति करना (किसीको उसकी वस्तु आदिके बदले या स्वतन्त्र रूपसे); (यन्त्र०) प्रतिकृत दोलक या पेण्डुलम आदि लगाना।

compensated a. (क्षति) पूरित, दत्त, प्रतिदत्त, प्रतिकृत, समकृत।

compensating a. पूरक, समकारी, प्रतिकारी।

compensation n. पारितोषिक, प्रतिदान; क्षतिपूरण, प्रतिकर, बदला, मुआवजा, हर्जाना; वेतन, पारिश्रमिक, तनख्वाह⊙; ~-balance, प्रतीकार; ~-pendulum पूरित दोलक;

~ fees, ~ fine, ~ insurance, ~ leave, ~ money, ~ payable, ~ pension. ~ scheme, ~ statement, ~ strand.

compensational a. क्षतिपूरक, हानिपूरक।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

compensative n. & a. क्षतिपूरक, हानिपूरक ।

compensator n. क्षतिपूरक, प्रतिकर-यन्त्र ।

compensatory a. क्षतिपूरक, सम्पूरक *(~ correction)*; ~ allowance प्रतिकर भत्ता; ~ damage प्रतिकर हानिपूर्त्ति ।

compense v.t. = COMPENSATE.

compere n. संगीतविनोदका संचालक या संगीत-मनोरंजन प्रसारित करनेवाला, उद्घोषक (जो कलाकारोंका परिचय देता है और बारी-बारीसे संक्षिप्त टिप्पणी देता चलता है) ।

compesce v.t. नियन्त्रणमें रखना, रोकना, थामना ।

compete v. i. प्रतिस्पर्द्धा करना, प्रतियोगिता करना, प्रतियत्न करना, प्रतिचेष्टा करना, होड़ाहोड़ी करना, बराबरी करना, मुकाबला करना, लागडाँट करना ।

competence, competency nn. सामर्थ्य, शक्ति, योग्यता (कार्य-निर्वाहकी); (अदालत, मैजिस्ट्रेट आदिकी) अर्हता, (कानूनी) योग्यता, पात्रता, अधिकार; वृत्युचित द्रव्य, जीवनोपायोंकी पर्याप्तता, प्राचुर्य, समृद्धि, सम्पन्नता ।

competent a. आनुषंगिक, यथेष्ट, समुचित, प्रचुर, उपयुक्त, उचित *(it was ~ to him to refuse)*; योग्य *(~ teacher)*; सक्षम, समर्थ, क्षमताशाली, शक्तिमान्; कार्यक्षम, सुयोग्य, कानूनी रूपसे विशेष योग्य (अदालत, जज, गवाह) *(~ authority* भी); *~ to investigate* अनुसन्धानक्षम ।

competing a. प्रतिद्वन्द्वी, स्पर्धी ।

competition* n. अहमहमिका, स्पर्धा, प्रतियोगिता*, प्रतिद्वन्द्विता, होड़, मुकाबला, लागडाँट (परीक्षाद्वारा, बाजारमें आदि); ~-wallah प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा चुना हुआ आई० ए० एस० का व्यक्ति ।

competitive a. स्पर्धी *(~ demand)*, प्रतिस्पर्धात्मक, प्रतियोगितामूलक, प्रतिद्वन्द्वात्मक ।

competitor n. प्रतिस्पर्धी, प्रतियोगी, प्रतिद्वन्द्वी ।

competitory a. प्रतियोगी, प्रतियोगीका ।

competitress n. प्रतिस्पर्धिनी, प्रतियोगिनी ।

compilation n. संरचना, संहिता, संकलित ग्रन्थ, संग्रह, संग्रहपुस्तक; संग्रहीकरण, संग्रहण, संकलन, समाहरण, तरतीब; C~ Officer संकलनाधिकारी ।

compile v.t. संरचना करना; (पुस्तक रूपमें सामग्री-को) संकलित करना, संगृहीत करना, एकत्र करना; संकलित सामग्रीसे ग्रन्थ निर्माण करना, संग्रह तैयार करना; (क्रिकेटमें, ग्रा०) बहुतसे रन बनाना, (इतनी) दौड़ें लगाना ।

compiled a. संकलित, संगृहीत, संरचित *(~ list)* ।

compiler n ग्रन्थ-संकलन-कर्ता; संरचनाकार ।

complacence, complacency nn. आत्मतृप्ति, आत्मसन्तोष, आत्मसुख; तृप्ति, परितोष, शान्ति, सुख, इत्मीनान; प्रसन्नता; शिष्टता, शिष्टाचार, शालीनता ।

complacent a. तृप्त, आत्मसन्तुष्ट, सन्तुष्ट; प्रसन्न; शिष्ट ।

complain v. i. (किसी अपराधी या अपराधके सम्बन्धमें) अनुयोग करना, अभियोग करना, शिकायत करना; असन्तोष प्रकट करना, परिदेवना प्रकट करना, अपना कष्ट बताना, दुखड़ा रोना; (का०) आक्रन्दन करना, विलाप करना, रोना-पीटना ।

complainant n. अभियोक्ता, अनुयोगी, प्रार्थनानुयोगी, परिवादी, आरोपक, निवेदक, प्रार्थी, वादी, मुद्दई ।

complaining a. & n. परिदेवनापर, शिकायती; परिवाद, दुःख, शिकायत ।

complaint n. व्याधि, कष्ट, पीड़ा, रोग; आक्रन्दन, विलपन, विलाप, दुःखप्रकाश, दुःखनिवेदन; परिवाद, शिकायत, शिकवा; अनुयोग, अभियोग, दीवानी कार्रवाईमें वादीका अभियोग, दावा, मुकदमा, परिवाद-पत्र; अर्जी ⊙; शिकायतका कारण या विषय, मूलाधार;
~ box, ~ register, ~s book, ~s section.

complaintive a. परिवादशील, शिकायती ।

complaisance n. सौजन्य, शिष्टाचार, शिष्टता, शालीनता, सुशीलता, विनय, सदयता, भद्रता, उपकारिता, उपकारशीलता, दयालुता; वश्यता, अनुनय, आदर, सम्मान ।

complaisant a. शिष्ट, सुशील, भद्र, शालीन, शिष्ट, विनीत, विनयी, वश्य, आदरपूर्ण ।

complanate a. (वन०) संचिपिट, चौरस, समतल ।

complect v.t. अन्तर्गुम्फित करना; बुनकर जोड़ना, बुनकर मिलाना ।

complected ⊙ = COMPLEXIONED.

complement[1] n. सम्पूरक, परिपूरक, पूरक; (यान या जहाजके लिए सवारियों की) पूरी संख्या; (जहाजका) कर्मिदल; (ज्या०) विधेयार्ध; ~ of an angle किसी कोणका सम्पूरक (९०° अंशसे कम); ~ of the predicate विधेय-पूरक ।

complement[2] v.t. सम्पूरक बनाना, पूरक जोड़ना, पूर्ण करना, निःशेष करना, समाप्त करना, सम्पूर्ण बनाना, सम्पन्न बनाना, भरना ।

complemental a. परिपूरक, अभावपूरक, भरतीका ।

complementary a. सम्पूरक, परिपूरक, अभाव-पूरक, पूरक, सहायक, पूरा करनेवाला; ~ angles सम्पूरक कोण (९०° पूरा करनेवाला); ~ colour सम्पूरक रंग; ~ industry पूरक उद्योग ।

complete[1] v.t. सम्पन्न करना, पूर्ति करना, पूर्ण करना, पूरा करना; धनकी कमीकी पूर्ति करना, भरना; अशेष करना, समाप्त करना, खत्म करना ।

complete[2]* a. सम्पन्न, निर्वृत, सम्पूर्ण*, अवसित, अवसन्न, समाप्त; समग्र, अशेष, समस्त, पूर्ण, पूरा*; पूरा-पूरा, बिलकुल *(~ surprise)*; (प्रा०) कुशल, गुणान्वित, सिद्ध, पूर्ण (व्यक्ति) *(~ horseman)*; ~ crop अधिकतम उपज ।

completed a. पूरित, सम्पूरित, भरा हुआ, पूरा *(~ loss)* ।

completeness n. सम्पन्नता, निर्वृति, समाप्ति, पूरापन; सम्पूर्णता, समस्तता, समग्रता, पूर्णता, सिद्धता, कौशल ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

completion n. समापन, समाप्ति, पूर्ति; निष्पत्ति, निर्वृति, पूर्णावस्था; परिपाक;
~ certificate, ~ drawings, ~ plans, ~ report.

completive, completory aa. सम्पूर्णकारी, पूरक, पूर्ण करनेवाला, भरतीका।

complex[1] n. (मनो०) मानसिक ग्रन्थि; उलझा प्रश्न, जटिल बात, पेचीदा मामला; उलझन; inferiority ~ हीनम्मन्यता; superiority ~ श्रेष्ठम्मन्यता।

complex[2]* a. जटिल* (~ *dilemma*), दुरूह, संकीर्ण, ग्रथिल, पेचीदा, पेचीला, उलझा हुआ; संकुल, सम्मिश्रण, मिश्रित, मिश्र* (~ *note*), संकर (~ *analysis*), अनेक वस्तु-घटित; ~ sentence मिश्रित वाक्य।

complexion n. (मुखमण्डलका) स्वरूप, मुखराग, स्वाभाविक रंग-रूप, आकार प्रकार, रंगढंग, वर्ण; मिश्रता; (ला०) प्रकृति, चरित्र, स्वभाव, पक्ष, पहलू (*his conduct wears another* ~)।

complexional a. वर्णमूलक; रंग-रूप-सम्बन्धी, स्वभाव-सम्बन्धी।

complexioned a. वर्णविशिष्ट, विशेष रंग रूपका; स्वभावविशिष्ट, रंग-ढंगका।

complexionless a. अवर्ण, वर्णहीन, रंग-रूपरहित, आकार-प्रकारहीन, बेरंग; अप्राकृतिक, स्वभाव-शून्य, आकारहीन, पक्षहीन, बेपहलू।

complexity n. जटिलता, दुरूहता, संकीर्णता, उलझन, उलझाव, गुत्थी, पेचीलापन; संकुलता, मिश्रता, संकरता, घालमेल।

complexus n. जटिल प्रणाली, पेचीला तरीका; ग्रीवपेशी (पीठकी एक बड़ी मांसपेशी जो सिरसे मेरुदण्ड तक होती है); जटिल रचना।

compliable a. दे० COMPLIANT.

compliance n. विनीतता, गर्हित या हीन प्रणति, निकृष्ट वश्यता, अवमानपूर्ण आज्ञाकारिता; (निवेदनानुसार अथवा आदेशानुसार) कार्यपालन, अनुवर्तन; अनुगामिता, आज्ञापालन; सम्मति; *in* ~ *with* यदृच्छया, इच्छानुकूल; आज्ञानुसार।

compliant a. वश्य, अनुवर्ती, अनुगामी, आज्ञाकारी; विनयस्थ, शिष्ट, विनीत, विनयी, नम्र।

complicacy n. जटिल रचना, उलझा हुआ रूप; संकीर्णता, जटिलता, उलझन, उलझाव, उलझावट, पेचीदगी।

complicant a. संवलित, समविस्तारी, अतिच्छादी (जैसे किसी कीटके पंख)।

complicate v.t. संकुल करना, संकुलित करना, मिश्रित करना, मिलाना; जटिल बनाना, उलझाना, पेचीदा बनाना।

complicated a. संकुलित; जटिल, गहन, उलझा हुआ, पेचीला, पेचीदा।

complication n. संकुलीकरण, संकुलीकृत अवस्था; गहनता, गुँथी हुई दशा; जटिलता, जटिल स्थिति, जटिल परिस्थिति, गहन स्थिति, जटिल प्रश्न, समस्या, गुत्थी, उलझन, उलझाव, फन्दा, फँसाव (*here is a further* ~)।

complicity n. सहापराधिता, कुकर्मकी सहकारिता, दुष्कर्ममें साथ या साझा, बुरे काममें साझीदारी।

complier n. आज्ञाकारी, इच्छानुसारी, अनुवर्ती, वश्य, विनयी, नम्र।

compliment[1] n. स्तवन, अभिनन्दन, अभ्यर्थना, स्तुति, प्रशंसा, बड़ाई; विनम्र अभ्यर्थना, स्तुतिवाद; स्तुतिवाक्य, स्तुतिवचन, प्रशंसोक्ति, विनयोक्ति, आदर-वचन (*pay, make, a* ~); (pl.) शिष्टाचारपूर्ण अभिनन्दन, औपचारिक अभ्यर्थना, अभिवादन, प्रणाम, नमस्कार, राम-राम, सलाम, शुभकामकाएँ, (*make, pay, send,* ~*s*); सम्मान, समादर; (प्रा०) पारितोषिक, पुरस्कार, इनाम; उपहार, दान, भेंट; ~ of the season, समयोचित अभिनन्दन, सामयिक अभिवादन।

compliment[2] v.t. अभिनन्दन करना, अभ्यर्थना करना, प्रशंसा करना, तारीफ करना; समादर करना; (प्रा०) पारितोषिक प्रदान करना, पुरस्कार देना, भेंट देना।

complimental a. अभिनन्दनात्मक, अभिवादनद्योतक, स्तुतिबोधक, प्रशंसात्मक, सम्मान-सूचक।

complimentary a. अभिनन्दनीय, अभिवादनद्योतक, स्तुतिबोधक, प्रशंसात्मक, सम्मानसूचक; ~ copy समादर-प्रति, ~ ticket निःशुल्क पत्रक।

complimenter n. चाटुकार; अभिनन्दक, प्रशंसक।

complin(e) n. (ईसा०) दिवसकी अन्तिम उपासना, रात्रि-प्रार्थना, (गिरजाघरके) दैनिक धर्म-कृत्योंमें अन्तिम पूजा।

complot १. n. सहाभिसन्धि, षड्यन्त्र; २. v. i. षड्यन्त्र रचना।

compluvium n. अँगनाई, रोमके मकानोंके बीचका खुला प्रांगण।

comply v. i. (प्रायः *with* के साथ) आदेशानुकूल कार्य करना, आज्ञापालन करना, इच्छानुसार काम करना; स्वीकृति देना, सम्मत होना, सम्मति देना; (प्रार्थना आदिको) पूरा करना।

compo n. सम्मिश्र, सीमेण्ट-गारा-चूना आदिकी मिलावटोंके लिए व्यापारिक शब्द।

componendo n. (गणित) योगानुपात।

component १. n. उपांश, संघटक, उपादान, अवयव, अंग, भाग; २. a. अंगभूत, अंशभूत, अवयवभूत, उपादान-;
~ details, ~ element, ~ fruits, ~ motions, ~ parts, ~ particles.

comport v.t. & i. शिष्ट व्यवहार करना, भद्र आचरण करना, ठीक वर्ताव करना; ~ *with* उपयुक्त होना, अनुकूल होना, सम्मत होना, ठीक पड़ना, ठीक बैठना, फबना, सजना, जँचना।

compose v.t. (मुद्र०) मुद्राक्षर विन्यास करना, मुद्र-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

योजन करना, अक्षरयोजन करना, टाइप जमाना, कम्पोज करना; संकलित करना, एकत्र करना, कलात्मक ढंगसे व्यवस्थित करना, सुरुचिपूर्वक जमाना, इकट्ठा करना, जोड़ना; व्यवस्थित करना, संघटित करना, अथवा किसी विशेष प्रयोजन से ठीक बैठाना (*~ your countenance, ~ your thoughts for action*); साहित्य सृजन करना, प्रणयन करना, साहित्य-रचना करना, ग्रन्थ लिखना, लिखना; संरचना करना, रचना करना, घटन करना, निर्माण करना, बनाना; निर्मित होना; (संगी०) गीतबद्ध करना, स्वरलिपि तैयार करना, राग बनाना, शब्दोंको संगीतमें सजाना; (विग्रहका) समाधान करना, (कलह) निबटाना, बीचबचाव करना, झगड़ा तै करना; प्रशान्त होना, स्वयंको प्रशान्त करना, स्वस्थचित्त होना, उत्तेजनाओंका शमन करना, उद्वेग शान्त करना।

composed a. शान्त, प्रशान्त; अनुद्विग्न, अव्याकुल, स्वस्थचित्त, गम्भीर; *~ of* संरचित, मिलकर बना हुआ।

composedness n. शान्ति, अनुद्विग्नता, अव्याकुलता, स्वस्थचित्तता, गाम्भीर्य, इत्मीनान।

composer n. प्रणेता, ग्रन्थकार, ग्रन्थकर्त्ता, रचक, रचयिता, लेखक, कवि, संगीतकार, कवि, रचनेवाला।

composing n. रचना आदि (क्रियागत अर्थोंमें); मुद्रयोजन, अक्षरयोजन, टाइप बैठाना आदि; *~*-machine मुद्राक्षर-विन्यास-यन्त्र, टाइप बैठानेकी मशीन, कम्पोजिंगकी मशीन; *~*-stick मुद्राक्षर जमानेकी पटरी।

composite n. & a. (स्था०) प्राचीन यूनानकी पंचम गृहनिर्माण शैली, Ionic & Corinthian का मिश्रित रूप; फूलोंके पौधोंकी मिश्र जाति; काष्ठलौह-निर्मित (पोत), लकड़ी और लोहेके बने (जहाज); यौगिक, संयुक्त, संयोजित, समन्वित, संश्लिष्ट, मिश्र, संग्रथित, मिश्रित, अनेकावयवघटित, मिला-जुला (*~ culture*); *~* candle नारियलके तेलसे बनी हुई मोमबत्ती; *~* carriage विभिन्न श्रेणियोंके डिब्बोंवाली रेलगाड़ी; *~* number (गणित) संभाज्य संख्या; *~* photograph संग्रथित फोटोग्राफ (जो अनेक चित्रशिरोंको ठीक प्रकारसे ऊपर रखकर लिया जाता है)।

compositeness n. संग्रथन, संयोजितत्व, संयुक्तता, समष्टि, मिला-जुलापन।

composition n. निबन्धन, निर्माण, संरचना, रचना, बनावट; संकलन, संचयन, एकत्रीकरण, जमाव; प्रणयन, साहित्य-सृजन, वाक्य-गठन, वाक्यरचना, लेखन; संघटन; गायकी, गायन, संगीतसृजन, गीतरचना; मुद्राक्षर-विन्यास, टाइप बैठाना; पद, गीत, कविता, कहानी आदि; (क़ानून) संधान, राजीनामा, सन्धि, मैत्री, मेलजोल, समझौता, सुलह; (*~ of debts*) आभार या किसी बड़ी रकमके बदलेमें धन देनेका समझौता, रजामन्दी, इकरार (*made a ~ with his creditors*); योग, मिलावट; चित्रांग-विन्यास, तस्वीरके भागोंको क्रमसे लगाना, ठीक जमाना; मनःस्थिति, मानसिक संघटन, मानसिक अवस्था, दिमागी हालत (*a touch of madness in his ~*); यौगिक पदार्थ; संयुक्त कृत्रिम पदार्थ (*~ billiard-balls*); *~* book ⊙ अभ्यास-पुस्तिका; *~* metal आकांस्य (पीतल और गिलटके बीचकी धातु);

~-deed, *~* fee, *~* formula, *~* pots, *~* sucrose.

compositive a. निर्माणशील, रचनात्मक, संयोजक, मिलानेवाला; संयोजनशील, मिश्रणशील।

compositor n. मुद्रयोजक, अक्षरयोजक, मुद्राक्षर विन्यासकार, छपाईके अक्षर जोड़नेवाला, कम्पोजीटर।

compossible a. सहास्तित्वशील, सहवर्तनसमर्थ, साथ-साथ रहनेकी योग्यता वाला; अनुगुण, संगत, अनुकूल।

compost[1] n. संखाद, मिश्रखाद, मिश्रसार, सार, वानस्पतिक खाद, मिश्रित खाद, मिलीजुली खाद, कूड़ेकरकटकी खाद, कम्पोस्ट (*C~ Development Officer*), संयोग, मिश्रण, मिलावट;

~ development section, *~*-heap, *~* manure, *~* manurial trial, *~* pit, *~* technique.

compost[2] v.t. मिश्रसार बनाना, खाद तैयार करना, कम्पोस्ट (मिली हुई खाद) का प्रयोग करना।

composure n. स्थैर्य, धैर्य, आत्मसंवरण, स्थिरता, आत्मशान्ति, स्वस्थचित्तता, मानसिक सन्तुलन, इत्मीनान।

compotation n. सम्पीति, सहपान, हमप्यालगी, साथ बैठकर शराब पीना।

compotator n. सहपायी, पियक्कड़ यार।

compote n. मुरब्बा, शीरेमें रखे हुए फल।

compound[1] १. n. तत्त्वसम्मिश्रण, संयोग, यौगिक वस्तु, संयुक्त पदार्थ; (व्या०) समास; २. a. यौगिक, संयुक्त, अनेकांशी, अनेक भागयुक्त, सम्मिश्र, संयुत, अनेकावयव-घटित, अनेकांश-निर्मित; संसृष्ट, संकर; सामुदायिक, मिश्रित, मिश्र, सामासिक, समस्त; (जन्तुवि०, वन०) संयुक्तावयवी, संयुक्तांगी; मिश्रांगी (*~ animal, ~ flower*); *~* addition मिश्रयोग; *~* fracture हड्डीका ऐसा टूटना (कि उसकी नोक दूसरा घाव कर दे); *~* householder ऐसा किरायेदार जिसके (कर) टैक्स आदि गृहस्वामी दे दे और उन्हें भाड़ेमें शामिल कर ले; *~* interest चक्रवृद्धि ब्याज; *~* proportion अनेकानुपात; *~* reasoning (तर्क०) माला-तर्क; *~* substraction मिश्रव्यवकलन, मिश्रऋण; *~* word समस्त पद।

compound[2] १. v.t. & i. (शा० एवं ला०) संयुक्त करना, संयोजन करना, संयोजित करना, सम्मिश्रण करना, मिश्रित करना, एकत्र करना, मिलाना; सम्पूर्ण निर्मित करना, बनाना; समस्त करना, समास बनाना; सम्मिलित करना, जोड़ना; (अपराध, देयधन) को धनादिके बदले परिमर्ष करना, क्षमा करना, छुटकारा देना, माफ करना; अभिसन्धान करना, संधि करना, समाधान कर लेना, (आपसमें मामला) तै कर लेना, राजीनामा करना; सम्मत होना, सहमत होना, समझौता करना, मान लेना; औषधयोजन करना; ऋणको आंशिक भुगतानसे निबटाना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

compound[3] n. प्रांगण, बाड़ा, अहाता, घेरा, हाता, कम्पाउण्ड (भारत, चीन आदिमें) ~ wall प्रांगणभित्ति।

compoundable a. संयोजनीय, सम्मेलनीय, मिलाने योग्य; अभिसंधेय, परिमर्षणीय, समाधानीय, समाधान-योग्य, समझौते लायक।

compounder n. औषधयोजक, सम्मिश्रक; संयोजक, कम्पाउण्डर।

comprador n. (पाश्चात्योंका) स्थानीय विक्रय-अभिकर्ता; (पौर्वात्य देशोंमें) विक्रयाभिकर्त्ता।

comprehend v.t. समाविष्ट करना, अन्तःप्रविष्ट करना, अन्तर्गत करना, सम्मिलित करना, ग्रहण करना, भीतर लेना, मिलाना; आकलन करना, अवधारणा करना, समवधारित करना, अनुभव करना, बोध प्राप्त करना, जानना, समझना।

comprehensibility n. समाविष्टता, समावेशनत्व, धारणत्व, ग्राह्यता; बुद्धिगम्यता, बोधगम्यता, सुबोधता।

comprehensible a. समावेष्टव्य, समावेश्य, ग्राह्य, धारणीय, ज्ञेय, विज्ञेय; अवधारणीय, बोधगम्य, सुबोध, बुद्धिग्राह्य, बुद्धिगम्य, अन्तर्भूति करने योग्य, समझमें आने लायक।

comprehension n. अवधारणा, धारणा-शक्ति, ग्रहण-शक्ति, पकड़ (*a term of wide* ~); समवबोध, बोध, धारणा, ज्ञान, मति, बुद्धि, अनुभूति, धारणाशक्ति, आकलनशक्ति, ग्रहण, समझ; धार्मिक-सहिष्णुता, विचार-सहिष्णुता, साम्प्रदायिक सहनशीलता।

comprehensive a. धारणा-सम्बन्धी, बुद्धिसम्बन्धी बोध-, (~ *faculty*); सर्वतोमुखी, परिग्राही, बहुग्राही, बहुसमावेशक, व्यापक, बहुविस्तीर्ण, विस्तीर्ण (~ *data*, ~ *grasp*)।

comprehensiveness n. बहुसमावेशकत्व, विस्तीर्णता, व्यापकता।

compress[1] n. (खून बहना बन्द करनेके लिए गुदगुदी) गद्दी; तर कपड़ा (जो पानीसे बचानेवाली पट्टीके नीचे जलनके घावपर बाँधा जाता है)।

compress[2] v.t. विचारोंको संक्षिप्त करना, घटाना, थोड़ा करना; भाषाको संक्षिप्त करना या सुगठित बनाना; (हवाको) घना करना; सम्पीडित करना, संकुचित करना, भींचना, निचोड़ना, चाँपना, ठूँसना, पेलना, दबाना।

compressed a. सम्पीडित (~ *air*), दबाया हुआ।

compressibility n. सम्पीड्यता; सम्पीडनक्षमता, संकोचनीयता।

compressible a. सम्पीड्य, सम्पीडनीय, संकोचनीय, संकोचनशील, चाँपने या दबानेके योग्य।

compressing n. सम्पीडन, दबाव।

compression n. (शा० एवं ला०) संहति, समाहृति, सम्वरण, सम्पीडन, संकोचन, संक्षिप्तीकरण, भिचाव, दबाव, दाब (~ *ratio*)।

compressional a. सम्पीड़न- (~ *strain*)।

compressive a. संकोचनक्षम, सम्पीडनशील, दबानेवाला (~ *strength*)।

compressor n. संकोचक, संक्षेपक, सम्पीडक, दबानेवाला; दबानेवाली मांसपेशी (जो कुछ अंगोंको दबाती है)।

compressure n. सम्पीडन, दबाव, दाब।

comprisable a. समावेष्टव्य, समावेश्य, अन्तर्भाव्य, सम्मेलनीय, अन्तर्ग्रहणीय, संक्षिप्त करने योग्य, मिलाने योग्य, शामिल करने योग्य।

coprisal n. समावेश, अन्तर्भाव, अन्तर्ग्रहण, सम्मिलन।

comprise v.t. समावेष्टित करना, समाविष्ट करना, अन्तर्निहित करना, अन्तर्धारण करना, अन्तर्भूत करना, अन्तर्व्याप्त करना, अन्तर्गत करना, मिलाना, शामिल करना; समाविष्ट होना, अन्तर्गत होना; संकुचित करना, सीमित करना, सीमामें बाँधना, घना करना, छोटा करना; निर्मित होना, रचित होना, धारण करना; युक्त होना, बना होना, रखना (*the house* ~*es 3 bedrooms*)।

comprised a. समाविष्ट; ~ *of* से बना।

compromise[1] n. मध्यमार्ग, बीचका रास्ता; सामोपचार, समाधान, समझौता, आपसी निपटारा, रफा-दफा (~ *petition*)।

compromise[2] १. v.t. & i. समझौता करना, निपटारा करना, झगड़ेको आपसी समझौतेसे निपटाना, राजीनामा करा देना, मामलेको रफा-दफा करना; समझौता करना, राजी होना; (अदूरदर्शितापूर्ण कार्यसे या बेसमझीसे दूसरेको या अपने आपको) विपदामें फँसाना या फँसना, संकटमें डालना, दुविधामें डाल देना।

comprovincial n. & a. एकदेशज, एकप्रान्तीय, एकप्रदेशीय (व्यक्ति)।

compt v.t. हिसाब लगाना, गिनना, जोड़ना, हिसाबकी जाँच करना।

comptoir n. (गिननेका कमरा) गणित्र; व्यावसायिक अभिकरण (विदेशमें)।

comptometer n. गणन-यन्त्र; गिननेकी मशीन।

comptroller n. लेखानियन्त्रक, लेखा जाँच अधिकारी, (*C*~ *General*); कुछ नामोंमें CONTROLLER की अशुद्ध वर्तनी (*C*~ *of Accounts*)।

compulsative a. संबाधक, संबाधाशील, बलात्कारी, दबाऊ।

compulsatory a. अनिवार्य, अत्यावश्यक, जरूरी।

compulsion n. सम्बाधन, सम्बाधा, बलात्कार, बल-प्रयोग, बाध्यता, विवशता, सम्पीडन, बाधा, बन्धन, दबाव; विवशता, अनिवार्यता, जोर, जबरदस्ती; *under*, *upon* ~ बाध्य होकर, विवशतासे, मजबूरीसे।

compulsionist n. बलप्रयोगवादी, बलप्रयोग या जबरदस्तीमें विश्वास रखनेवाला।

compulsive a. सम्पीडक, बाधक, विवशताकारी, दबाव डालनेवाला, मजबूर करनेवाला; = COMPULSATIVE.

compulsorily adv. अनिवार्यतः, बलपूर्वक, जबरदस्ती।

compulsoriness n. अपरिहार्यता, अनिवार्यता, बलपूर्णता, आवश्यकता।

compulsory a. बाध्य, अनिवार्य, अपरिहार्य, आवश्यक, लाचारी, जरूरी (~ *attendance*, *education*,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

labour, subject, tax).

compunction n. पश्चात्ताप, द्विविधा, संकट, चिन्ता, पछतावा; अनुशय, अनुशोचन, मनोव्यथा, अनुताप, खेद (*without ~*)।

compunctious a. अनुशयार्त, अनुतप्त, अनुतापी, व्यथित, चिन्तित, खेदपूर्ण।

compurgation n. दोषक्षालन, पापपरीक्षण, दोषपरिशोधन; (ब्रिटिश इति०) शपथके द्वारा परिशोधन एवं परीक्षण।

compurgator n. (क़ानून) निर्दोषघोषक, पापपरीक्षक, दोषक्षालक।

compurgatory a. दोषशोधन-विषयक, पापमोचन-सम्बन्धी।

computable a. गण्य, परिसंख्य, गणनीय, गिनने योग्य।

computation n. संगणन, संगणना, गणना, गिनती, हिसाब।

computative a. गणना-सम्बन्धी, गिनतीका।

compute v.t. संगणन करना, संगणना करना; संख्या करना, गणना करना, गिनना, लेखा करना, हिसाब करना, हिसाब-किताब लगाना, शुमार करना।

computer, -or n. संगणक, हिसाब लगानेवाला।

computing n. संगणन, गणना।

computist n. = COMPUTER.

comrade n. सहचर, संगी, सहयोगी, सहकर्मी, मित्र, साथी, कॉमरेड; व्यावसायिक समुदायका सदस्य, ट्रेड-यूनियनका साथी-सदस्य।

comradeship n. मैत्री, मित्रता, साथीपन, दोस्ताना।

Comtism n. प्रत्यक्षवाद, = POSITIVISM.

Comtist n. प्रत्यक्षवादी, = POSITIVIST.

con[1] n. विरोध, विपक्ष (*pros and ~s*),

con[2] v.t. मुखस्थ करना, कण्ठस्थ करना, कण्ठ करना, घोंट लेना, रट लेना, गुनना, घोंखना, जबानी याद कर लेना; अध्ययन करना, पढ़ना।

con[3], **conn** ⊙ v.t. पोतको सीधे परिचालित करना, जहाजको सीधा खेना; *~ning-tower* परिचालनगृह, पनडुब्बीके ऊपरका शस्त्रास्त्र-सज्जित परिचालनगृह (जिसमेंसे पनडुब्बीका निर्देशन और आक्रमण किया जाता है)।

con[3] ⊙ १. n. निष्ठा, आस्था, विश्वास; आत्मनिश्चय, भरोसा, यकीन; २. v.t. छल (करना), कपट (करना), धोखा (देना), ठगना।

conarium n. (श०र०शा०) तृतीय-नेत्र-ग्रन्थि, इच्छा-शक्ति-भावना।

conation n. (मनो०) प्रयसन, प्रयास; मानसिक प्रक्रिया, इच्छाशक्तिका प्रयोग, भावना।

conative a. इच्छाशक्ति-सम्बन्धी, भावनात्मक (*~ faculty*)।

concatenate v.t. शृंखलाबद्ध करना, श्रेणीबद्ध करना, क्रमबद्ध करना, संयुक्त करना, कड़ियाँ मिलाना, जोड़ना, सिलसिला मिलाना।

concatenation n. शृंखला, क्रमबद्धता, संयोजन, एकमें बँधी हुई बहुत-सी कड़ियोंकी माला, एक दूसरेपर आश्रित वस्तुओंकी शृंखला या माला।

concave १. n. नतोदरतल; २. a. न्युब्ज, अवतल, नतोदर, निम्नोदर, उदराकार, गगनाकार, खोखला (*~ reflector, slope*)।

concaveness, concavity nn. न्युब्जता, निम्नाभ्यन्तरता, उन्नताननता, नतोदरता, नतोदरत्व, गर्भ, पुट, खोखलापन।

concavo a. न्युब्ज, नतोदर, निम्नाभ्यन्तर, उन्नतानत, नतोदरतलीय, अवनतीय, निन्युब्ज; *~-concave* उभन्युब्ज, उभनतोदर, उभनिम्नाभ्यन्तर, उभोन्नताननत, दोनों ओर नतोदर; *~-convex* न्युब्जोदुब्ज, न्युदुब्ज, एक ओर उन्नतोदर तथा दूसरी ओर नतोदर।

conceal v.t. संगोपन करना, संगूहन करना, परिगोपन करना, संगुप्त करना, रहस्य रखना, रहस्य प्रगट न करना, गूढ़ बनाना, गुप्त रखना, बात दबा लेना; प्रच्छन्न रखना, प्रच्छादन करना, दुराव करना, छिपाना, चुरा लेना, दबा लेना, परदा डालना, ढँक लेना।

concealable a. गोपनीय, छिपाने लायक, न बताने योग्य; संगोप्य, संगूह्य, रहस्य।

concealed a. संगुप्त, संगूढ, प्रच्छन्न (*~ fraud*)।

concealment n. संगुप्ति, संगोपन, संगूहन, गोपन, गुप्तता, संवरण, प्रच्छादन, छिपाव, परदा; गुप्त स्थान।

concede v.t. समनुमति देना, अंगीकार करना, मान्य करना, स्वीकार करना, मानना, मान लेना, मंजूर करना; (खेल, ग्रा०) पराजित होना, खेल हारना; (अधिकार, विशेषाधिकार, अंक या खेलमें आरम्भ करनेकी) छूट देना, रियायत करना; प्रदान करना, देना।

conceded ⊙ a. अनुमत, अंगीकृत, स्वीकृत।

conceit[1] n. अहम्मति, आत्माभिमान, आत्मगौरव, अवलेप, अभिमान, दर्प, गर्व, दम्भ, घमण्ड; कष्टकल्पना, कल्पना, मधुर कल्पना; *in my own ~* मेरे दृष्टिकोणसे, निर्णय या विचारके अनुसार, मेरी रायमें; *out of ~* अरुचिपूर्ण, अप्रिय; कल्पनासे दूर; *out of ~ with* किसीसे अप्रसन्न।

conceit[2] v.t. (स्वार्थे) मनवाना, मानना; (प्रा०) कल्पना करना, अनुमान करना, ख्याल करना।

conceited a. अवलिप्त, उद्धत, आत्माभिमानी, अभिमानी, अहंकारी, सगर्व, दम्भी, घमण्डी, दिमागदार।

conceitedly adv. साहंकार, गर्वपूर्वक, दम्भपूर्वक।

conceitedness n. अभिमानिता, अहंत्व, अहंकार-भाव, अहंता, दृप्तता, गर्वीलापन।

conceivability, conceivableness nn. बोधगम्यता, बुद्धिगम्यता, विचारणीयता, अनुमेयत्व, भावनीयता।

conceivable a. बोधगम्य, बुद्धिगम्य, विचारणीय, अनुमेय, चिन्त्य, कल्पनीय, भावनीय, मनोगम्य, समझमें या विचारमें आनेवाला।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

conceive v.t. & i. कल्पित करना, चिन्तन करना सोचना; उपन्यस्त करना, सन्निबन्धन करना, सूत्रबद्ध करना, क्रमबद्ध करना, अभिव्यक्त करना, प्रकट करना, जाहिर करना (*~d in plain terms*); धारणा करना, कल्पना करना, अनुमान करना, ध्यानमें लाना, विचारना; गर्भाधान होना, गर्भवती होना, गर्भधारण करना, गर्भमें पाना, पेट रहना, गर्भसे होना।

concent n. स्वरसंगति, स्वर-सामरस्य; सामंजस्य, लयताल, मेल।

concentrate v.t. & i. सान्द्रित करना, या होना; संकेन्द्रित करना, केन्द्रीभूत करना, केन्द्रित करना, समाहृत करना, एकत्र करना, एकाग्र करना (ध्यान, शक्ति, सैन्यदल), ध्यान या शक्ति केन्द्रित करना, एकाग्रचित्त होना; गहन करना, घनीभूत करना; सन्निकृष्ट करना; (रसा०) केन्द्रण करना, समाहरण करना, सारकृत करना, द्रव आदि की द्रव्यताको कम करके उसकी शक्ति बढ़ाना, (धातु आदिका) अवशोधन करना।

concentrated a. सान्द्रित; संकेन्द्रित; सारकृत (*~ load, solution*)।

concentration n. केन्द्रीयकरण, संकेन्द्रण, संकेन्द्रता, समाहार, एकीकरण, समाहरण, केन्द्रण, एकत्रीकरण; समाधि, अन्यमनस्कता, एकाग्रता; अवशोधन; ~ camp राजनीतिक बन्दी शिविर, कंसेण्ट्रेशन कैम्प; ⊙ विसंयोधी-शिविर, संकेन्द्रण-शिविर; विसंयोधी जनोंके लिए शिविर (सैनिक क्षेत्रमें)।

concentrative a. एकाग्र, एकोन्मुख, संकेन्द्रशील।

concentrativeness n. संकेन्द्रशीलता, केन्द्रीयता, समाहरणीयता, एकोन्मुखता, एकाग्रता।

concentrator n. संकेन्द्रक, समाहारक, केन्द्रीभूत करनेवाला, समाहृत करनेवाला, समाहरण करनेवाला।

concentre v.t. & i. सामान्य केन्द्र या एक केन्द्रपर लाना या आना।

concentric a. संकेन्द्र, समकेन्द्रिक, समानकेन्द्र, एककेन्द्र (*~ circle, system*); ~ fire (सेना०) एक ही स्थानपर निरन्तर गोली या गोले बरसाना।

concentricity n. समकेन्द्रता।

concept n. सामान्य प्रत्यय, प्रतिबोध, सम्बोधना, सम्बोध, विचार, धारणा।

conceptacle n. पात्र; जनन-गुहा, पुनरुत्पादक विवर अथवा खोखला स्थान।

conception n. (CONCEIVE के क्रियागत अर्थोंमें संज्ञा); सामान्य प्रत्यय, सम्बोधना, अवधारणा, सम्बोध, सामान्य विचार; गर्भधारण, गर्भाधान।

conceptional a. साम्बोधिक, सम्बोधविषयक, विचार-सम्बन्धी; गर्भाधान-सम्बन्धी।

Conceptionist n. सम्बोधवादी रोमन-कैथॉलिक सम्प्रदाय का सदस्य।

conceptive a. धारणक्षम; विचारक्षम; सामान्य-प्रत्यय या सम्बोधसम्बन्धी; गर्भधारणक्षम, गर्भसम्बन्धी।

conceptual a. साम्बोधिक, प्रत्ययी, धारणा या विचारसम्बन्धी।

conceptualism n. प्रत्ययवाद, सम्बोधवाद (यह विचार कि जगत् का अस्तित्व प्रत्यय, सम्बोध या विचार-मात्रपर आश्रित है या यह सिद्धान्त कि मन सूक्ष्म अवस्थाओंके आनुषंगिक विचारोंकी परिकल्पना कर सकता है)।

conceptualist n. सम्बोधवादी।

concern[1] n. सन्दर्भ, प्रसंग, सम्बन्ध; औत्सुक्य, उद्वेग, चिन्ता (*asked with deep ~*); चिन्ताका विषय (*no ~ of mine*); कार्यव्यापार (*meddling in my ~s*); व्यापार, व्यापार-संस्था, कार्यालय, कारबार, कारखाना, फर्म (*a flourishing ~*); (बोल०) वस्तु, चीज (*smashed the whole ~*); *have a ~ in* भाग लेना, दिलचस्पी लेना; *have no ~ with* कोई मतलब न होना।

concern[2] v.t. संसृष्ट होना, संसर्ग रखना, सम्बन्ध रखना, उद्देश रखना, सरोकार रखना, लगाव रखना; मनोभिनिवेश करना, अनुराग रखना, दिलचस्पी लेना।

concerned a. प्रसंगबद्ध, सम्बद्ध, सम्बन्धित (*~ authority*), सम्बन्धी; व्यग्र, उद्विग्न, चिन्तित (*~ air, ~ to hear, for, about, person*); *be ~ in* भाग लेना; *I am not ~* इससे मेरा कोई सम्बन्ध या लगाव नहीं।

concerning a. विषयक, सम्बद्ध, गत, प्रति, विषयमें, बाबत।

concernment n. सम्बन्ध, लगाव; औत्सुक्य, व्यग्रता, उद्वेग, चिन्ता; महत्त्व, माहात्म्य, गुरुता, महत्ता (*of vital ~*); विषय, व्यापार, मामला, कारोबार।

concert[1] n. सहकारित्व, सम्मति, सहमति, ऐक्य, योग, मेल, जैसे *work in ~ (with)*; सहगान, समवेत स्वर या ध्वनियाँ (*voices raised in ~*); असाधारण कटि-बद्धता या सन्नद्धता; संवाद; समवाद्य-समूह; संगीतगोष्ठी, चौकी, मण्डली; सहसंगीत, समवेत गान या वाद्य, ~ grand समवेत गायनमें बजाया जानेवाला बड़ा पियानो; ~-hall संगीतशाला, गायनालय; ~ pitch उदात्त स्वर, ऊँचा सुर; the C~ of Europe यूरोपका मुख्य राष्ट्रसंघ (जो १८१५ के बादसे अवसर प्राप्त होनेपर संयुक्त रूपसे कार्य करता रहा है)।

concert[2] v.t. समायोजित करना, (पारस्परिक सहमति द्वारा या अकेले) क्रमबद्ध करना, क्रमसे रखना।

concerted a. (CONCERT[2] के क्रियागत अर्थोंमें); समूह्य, सम्मिलित, इकट्ठा, (*~ action*); (संगीत) गायन और वाद्यके लिए भागोंमें विन्यस्त।

concertina n. (गोष्ठियोंमें काम आनेवाला दो धौंकनियों-का) एक बाजा, कॉनसर्टीना; षट्कोणभस्त्रा, षट्कोणी।

concerto n. (pl. *~os*) संगीत-रचना, गानविषयक रचना, वाद्ययन्त्रके लिए निर्मित तीन बन्दका गीत (जिसके साथ समवेत गान भी हो), कनसेर्तो।

concession n. अनुमोचन, अवमोक, सुविधा, छूट,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

रियायत;समनुनमन;अनुज्ञा, अनुमोदन; अनुग्रह-प्रार्थी या रियायत पानेवालेको अनुदान; (कानून) अनुज्ञात भूखण्ड (जिसका अधिकार और व्यवहार किसी राज्य, समूह या व्यक्तिके लिए स्वीकृत किया जा चुका हो);

~ form, ~ letter, ~ order, ~ rate, ~ ticket, ~ voucher form.

concessionaire n. समनुदानग्राही, समनुदत्ती, रियायत या छूट ग्राही व्यक्ति; धोखा देनेके लिए गोल-माल भाषाका प्रयोग।

concessional a. अवमोक-, छूटका, रियायती (~ *fare, rate*)।

concessionary a. अनुमोचक, रियायती, छूटवाला।

concessionee, concessionist nn. अवमोक ग्राही।

concessive a. अनुमोदन या रियायत सम्बन्धी; अनुमोदनशील, अनुमोदनात्मक, रियायती, रियायत करने या देनेवाला; (व्या०) अनुमोदनबोधक, अनुमोदनसूचक।

concettism n उत्प्रेक्षा-लेखन, बाँकी लिखावट।

concetto n. कल्पना, आत्म-प्रकाशन, दम्भ, बनावट, बनावटी बाँकपन।

conch n. सीपी, घोंघा,घोंघी, शंख, कौड़ी;सीपी या घोंघे आदिका आवरण या खोल; (स्था०) अर्द्ध गोलाकार गुम्बद; (~a भी) कर्णपीठ, कानका घुग्घा, कानकी सीपीका छेद; (नौवि० ग्राम्य० C~) Bahamas बहामाका निवासी।

conchate a. शंखी, सीपी जैसा, शंखवत्।

conchifer n. शंखि-प्रावार, सीपीका चूर्णावरण।

conchiferous a. (जन्तु०, भूगर्भ०) शंखगर्भित, सीपी-वाला, शंखमय।

conchiform a. शंखाकार, सीपी जैसा, शंखरूप।

conchiolin a. शंखवी, शंखतैलीय।

conchoid n. & a. वृत्त-खण्ड; शंखाभ।

conchoidal a. वृत्तखण्ड-सम्बन्धी, शंखाभ, शंखाभीय।

conchological a. शंखविज्ञानीय, शांखिकी-सम्बन्धी; शंखविज्ञान-सम्बन्धी।

conchologist a. शांखवैज्ञानिक, शंखविज्ञानी।

conchology n. शांखिकी, शंखविज्ञान, शंखविद्या।

conchy n. (ग्रा०) युद्धविरोधी, शान्ति-समर्थक।

concierge n. प्रतिपाल; भारपाल, कुली, भारवाहक मजदूर।

conciliable a. संराध्य, संराधनीय, शान्त करने योग्य।

conciliar a. परिषद्-सम्बन्धी, पारिषदिक।

conciliate v.t. संराधन करना, समझौता करना; अनुरंजित करना, तुष्ट करना, शान्त करना, मनाना, प्रसन्न करना; प्राप्त करना, लाभ करना (सद्भाव, सम्मान); अपने पक्षका बना लेना, मिला लेना; समन्वय करना, एकीकरण करना, मेल करना (विरोधी सिद्धान्तोंका)।

conciliation n. समाधान, विरोध-शमन, संराधन, सन्धि, मैत्री, मेल-मिलाप, समझौता, सुलह (*C~ Board*); *Court of C~* (द्वन्द्वशील पक्षोंमें) सन्धि (करानेका प्रयत्न करनेवाला) न्यायालय;

~ commission, ~ officer, ~ proceedings, ~ statement.

conciliative a. संराधनशील, समन्वयात्मक; सन्धिपूर्ण।

conciliator n. समाधान-कर्ता, संराधक, अनुरंजक, मध्यस्थता द्वारा सन्धि करानेवाला।

conciliatoriness n. संराधन, सन्धिपूर्णता, मैत्री-पूर्णता।

conciliatory a. समन्वयात्मक, सन्धिविषयक, अनुरंजक, संराधक, मैत्रीपूर्ण।

concinnity n. सुषमा, सुसंगति; स्वच्छता, (साहित्यिक शैलीकी) प्रांजलता, स्पष्टता, प्रसाद गुण।

concinnous a. उपयुक्त, शोभन; सामंजस्यपूर्ण, स्वच्छ, प्रांजल।

concipient a. विचारशील, चिन्तनशील, विचारवान्।

concise a. सुमित, संहृत, सामासिक, संक्षिप्त (भाषण, शैली, व्यक्ति)।

concisely adv. संहृतिपूर्वक, समासतः, संक्षेपतः।

conciseness n. संहृति, समासिकता, संक्षिप्तता।

concision n. संक्षिप्तता; कर्तन, उच्छेद, छेदन, काट-छाँट, कटाई।

conclamation n. महारव, समवेत स्वरगुंजन।

conclave n. पोपके निर्वाचनके लिए पादरियोंकी सभा या सभास्थान; गुप्तसभा (*in ~*)।

conclavist n. पोपके निर्वाचनार्थ पादरी-सभाका सदस्य, गुप्तसभायी।

conclude v.t. & i. उपसंहार करना, समापन करना, पूरा करना, खत्म करना (~ one's *speech*); (मामलेके बारेमें) समाप्त होना; परिणमित होना, निष्कर्ष निकालना, परिणामपर पहुँचना; निर्णय करना, निश्चय करना, तय करना (सन्धि आदि); ~ *a treaty* सन्धि-अनुष्ठान करना, सन्धि तय करना, सुलहनामा करना।

concluded a. परिणत, उपसंहृत, समाप्त; निश्चित, इरादा किया हुआ⊙।

concluding a. अन्तिम, उपसंहारात्मक(~ *remarks, sentence*)।

conclusion n. परिणति, अन्तिम परिणाम; उपसंहार, अवसान, समाप्ति, अन्त; निश्चय; (तर्क०) परिणाम; निष्कर्ष, निष्पत्ति, निर्णय, (शान्ति आदिका); अनुमान; *in* ~ समाप्तिके समय, अन्तमें; *try* ~*s with* प्रतियोगिता या कौशल या होड़में परीक्षा करना।

conclusive a. निर्णायक, निश्चायक, निश्चयात्मक, निश्चित, अन्तिम, अकाट्य, अखण्ड (~ *evidence, proof*)।

conclusively adv. सनिश्चय, निश्चयपूर्वक।

conclusiveness n. निश्चय, निश्चितता।

conclusory a. निर्णायक, निश्चायक, निश्चयात्मक, निश्चित।

concoct v.t. कूटरचना करना, मिश्रित तत्त्वोंसे बनाना (साबुन, पेय, षड्यन्त्र, कहानी), गढ़ना, पकाना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

concocted a. कूटरचित, संयोजित, (~ *evidence*) गढ़ा हुआ।

concocter, -or n. संघटनकर्त्ता, निर्माता; पाखण्डी; मिश्रण या गढ़न करनेवाला।

concoction n. संघटन, निर्मिति, आडम्बर, गढ़न, बनावट।

concoctive a. मिश्रणीय, मनगढ़न्त, बनावटी।

concolorous a. सवर्णीय, समरंगी।

concomitance, concomitancy n. युगपत् स्थिति, सहास्तित्व, सहवर्तित्व, अनुषंग, समन्वय, संयोग, संयुक्त स्थिति, सहजीवन; ईसाका शरीर और रक्त (जो उत्सव विशेषपर रोटी और शराबके रूपमें माना जाता है); समवाय।

concomitant १. n. संलग्न पदार्थ, सहगामी वस्तु; २. a. (तर्क०) सहगामी, सहवर्ती, साथी (~ *circumstances*)।

concord n. सन्धि, समझौता; अविसम्वाद, अविरोध; ऐक्य, एकता, सहमति, मैत्री, मेल, एका (वस्तुओं या व्यक्तियोंके मध्य); (व्या०) अन्वय, शब्दोंमें लिंग तथा वचन आदिकी एकता; रूपान्वय; (संगीत) स्वरैकता, स्वरमिलान, तालैक्य, तालमेल।

concordance n. सादृश्य, ऐक्य, एकता, सहमति; निर्घण्टु, अनुक्रमणिका, वर्णानुक्रमसे मुख्य शब्दों (*verbal* ~) या विषयों (*real* ~)की सप्रसंग व्यवस्था (जो किसी पुस्तक या लेखकमें हो)।

concordant a. (संगीतमें) एकतान, एकताल; अविसम्वादी, अविरुद्ध, अनुगुण, सदृश, अनुरूप।

concordat n. धर्मसन्धि, पोप और किसी धर्मनिरपेक्ष राज्य या सरकारके बीच समझौता।

concorporate १. v.t. समामेलन करना, समाविष्ट करना; २. a. समामेलित, समाविष्ट।

concourse n. समवाय, समागम, संगम, समूह (*fortuitous* ~ *of atoms*); जनसम्मर्द, जमघट, जमाव, भीड़।

concreate v.t. सहसर्जना करना, एक साथ रचना।

concremation n. सहदाहन, एक ही साथ जलानेकी क्रिया।

concrement n. संघक, ग्रन्थि; = CONCRETION.

concrescence n. (प्राणि०) सप्ररोह, समप्ररोह, सहरोहण, सहवर्द्धन, सहवृद्धि।

concrete[1] १. n. ठोस वस्तु; संघा, बालू, कंकड़ और सीमेण्टका मिश्रण, कंकरीट; इस मिश्रणसे निर्मित इमारत; पुष्पवास; २. a. मूर्त्त, यथार्थ; संहत, ग्यान, पिण्डीभूत, राशीभूत, घन, ठोस (~ *plan, solution*); (व्या०) द्रव्यवाचक, पदार्थवाची (संज्ञा); *in the* ~ वस्तुतः, वास्तविक रूपमें;

~ case, ~ dam, ~ economics, ~ example, ~ fact, ~ lime, ~ line, ~ macadam, ~ mixtures, ~ number, ~ pit, ~ proposal, ~ quantity, ~ road, ~ slab, ~ terms, ~-terraced.

concrete[2] v.t. & i. कंकरीटसे भरना या चुनना, गच्च करना; घनीकृत करना, राशीकृत करना, पिण्डीकृत करना, एकीकृत करना, ठोस बनाना।

concreteness n. ठोसपन, कठोरता, दृढ़ता।

concretion n. संहति, संघनन, घनीकरण, ठोसपन; सम्मूर्त्त अवस्था, ठोस आकार या रूप; (भूगर्भ०) संघटित या घनीभूत कण, पिण्डीभूत (ठोस) कण; (निदान०) अश्मरी, पथरी।

concretionary a. संहत, घनीभूत, ठोस, संघटित, पिण्डीभूत।

concubinage n. उपस्त्री सहवास, रखेलके साथ जीवन-निर्वाह; रखेलपन, रखेल रखना या होना।

concubinary n. & a. रक्षिता, रखेल (व्यक्ति); रखैला, रखेलका (बच्चा)।

concubine n. उपपत्नी, रक्षिता स्त्री; रखेली, रखनी, रखेल; (बहु-विवाहवाली जातियोंमें) उपपत्नी, उपस्त्री।

conculcate v.t. पादाहत करना, पैरों से कुचलना।

concupiscence n. कामवासना, कामान्धता, काम, मस्ती; (बाइ०) एषणा, धनेच्छा, वासना।

concupiscent a. कामुक, कामार्त, कामान्ध, मुग्ध, मस्त; एषणी।

concupiscible a. वासनामय, कामुकतायुक्त।

concur v.i. सहमत होना, एकमत होना; (परिस्थिति आदिक) योगदान करना, सहयोग करना; अविसंवादी होना, सहवर्ती होना, संगत होना, अनुकूल होना, साथ-साथ होना, एक साथ होना।

concurrence n. उपर्युक्त अर्थोंमें संज्ञा; अनुकूलता, संवर्तन; अनुमति, सहमति; संगामिता, संगमन; एकबिन्दुगामिता, समाधिकार।

concurrent १. n. समानान्तर परिस्थिति; २. a. समकालिक, समकालीन, समवर्ती (~ *control*); सहवर्ती; सहयोगी, सहकारी; सहमत, एकमत; संगामी, एकबिन्दुगामी, सहगामी, साथ-साथ चलनेवाला (जैसे समानान्तर रेखाएँ); समान (~ *jurisdiction*); ~ fire insurance संगामी बीमा (जिसकी जिम्मेदारी कई कम्पनियोंपर एक साथ हो); ~ lease वह पट्टा (जो मियाद खत्म होनेके पहले फिर लिख लिया जाय); ~ sentences युगपद् दण्ड, सहपालनीय दण्डाज्ञा।

concuss v.t. दबाव डालना, धमकी देना; विलोडित करना, विकम्पित करना, बलपूर्वक हिलाना, धक्का देना, जोर से हिलाना (प्रायः ला०)।

concussion n. विधुवन, समाघट्टन, संघट्ट, संक्षोभ, विकम्प; धक्का; (शल्यचि०) सांघातिक प्रहार से होनेवाली मस्तिष्क आदिकी चोट; ~-bellows स्वयंचालित धौंकनी (जो बाजेमें स्वतः गतिशील रहती है); ~-fuse अभिताडन-ज्वाल, पलीता, चोट बत्ती (जो आघातसे आग देती है)।

concussive a. संक्षोभयुक्त, विकम्पी, समाघट्टनात्मक,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

वेगसे हिलानेवाला।

concyclic a. समवृत्तीय (ज्यो०), एक ही वृत्तकी परिधिपर स्थित।

cond v.t. (नौवि०) जाने देना, बहने देना।

condemn v.t. दण्डाज्ञा देना, अपराधी ठहराना, सजा सुनाना; प्रतिकूल या विरुद्ध निर्णय देना, खिलाफ फैसला देना; गर्हणा करना, तिरस्कृत करना, दूषण लगाना, दोषी ठहराना, कलंक लगाना, लांछित करना, निन्दा करना, बुरा-भला कहना, ऐब लगाना; जब्तीका हुक्म देना; पराकरण करना, निष्प्रयोज्य ठहराना, निकम्मा बना देना, रद्द करना; ~ to death प्राणदण्ड देना।

condemnable a. प्राणदण्डके योग्य, दण्डनीय; गर्हणीय, तिरस्करणीय।

condemnation n. दण्डाज्ञा; जब्ती; अपराधनिर्णय; गर्हा, दूषण, निन्दा (*his own conduct is* ~); पराकरण (~ *board*)।

condemnatory a. दण्डनीय; भर्त्सनापूर्ण, निन्दात्मक, दोषसूचक।

condemned a. दण्डित (~ *pisoner*); निन्दित; आप्तदण्ड; पराकृत, निष्प्रयोज्य (~ *machine*); ~ cell, pew, sermon प्राणदण्डित व्यक्तिसे सम्बद्ध कोठरी, आसनस्थान, उपदेश।

condensability n. विद्रावण, निविड़ता, घनता, संयोजनशीलता, संक्षेपणीयता।

condensable a. विद्रवणीय; संक्षेपणीय।

condensation n. संहनन, संघनन, विद्रावण, संयोजन, द्रवीभाव, घनीकरण; गाढ़ापन; गाढ़ी वस्तु।

condense v.t. & i. संहित करना, सान्द्र करना या होना, सघन (ठस) करना या होना, गाढ़ा करना या होना; (प्रकाश किरणोंको) घनीभूत करना, एकत्र करना; संघनन करना, एकीकरण करना, घनत्वकी वृद्धि करना (विद्युत्०) विद्रावण करना, विद्रवित करना, (भाप या गैससे); संक्षिप्त करना, संक्षिप्त होना, संक्षेपण करना।

condensed a. संघनित; संक्षेपित, संक्षिप्त; ~d milk घनीकृत दुग्ध, वाष्पीकरण द्वारा अल्पीकृत दूध।

condenser n. गाढ़ा करनेवाला (आदि क्रियागत अर्थोंमें); संघनक, बेलनी संहनक, भापके इंजनका वह संघननवेश्म (जहाँ बेलनके बाद भाप द्रवीभूत होती है); विद्युद्विच्छेद्य समावेशक, विद्युत्-समावेशक यन्त्र; प्रकाशका संघनन, लेन्सोंकी पद्धति, लेन्स।

condensery n. संघनन-गृह, गाढ़े दूधका कारखाना।

condensing a. संघनन- (~ *chamber*)।

condensity n. संघनता, गाढ़ापन।

condescend v.i. छोटोंसे सहमत होना, छोटोंकी बात मानना; प्रवृत्त होना, झुकना (अनुग्रह या उपकारके लिए); ~ *upon* (स्कॉट०) स्पष्टीकरण करना, (ब्यौरोंका) विवरण देना।

condescendence, condescension nn. दाक्षिण्य, प्रसाद, दर्पत्याग, गौरव-त्याग, नम्रता, परिपोषकता, कृपा-भाव।

condescending a. प्रसादाभिमुख, त्यक्तगौरव; संरक्षणशील, परिपोषणशील, कृपाशील, सरपरस्ती करनेवाला।

condescension n. नम्रता, दाक्षिण्य, कृपालुता।

condign a. यथार्ह, पर्याप्त, युक्त, समुचित, अनुरूप, योग्य (~ *punishment, vengeance*)।

condignly adv. यथोचित।

condignness n. अनुरूपता, योग्यता, अर्हता; यथार्हता, उपयुक्तता।

condiment n. मरिचादि व्यंजन, मिर्च मसाला, भोजनको रुचिकर बनानेवाली कोई वस्तु जैसे चटनी, अचार, चाशनी।

condimental a. सुस्वादु, चटपटा, मसालेदार।

condisciple n. सहकक्षी, सहपाठी, गुरुभाई।

condition[1]* n. परिस्थिति,स्थिति,अवस्था, दशा* (*eggs arrived in good* ~); अनुयोग, उपबन्ध, प्रतिबन्ध, अपेक्षा, शर्त्त (~ *precedent*); (तर्क०) उपाधि; (व्या०) प्रतिबन्ध या शर्त व्यंजक वाक्यांश; (बहु०) परिस्थितियाँ (*the ~s of equilibrium*); *change* one's ~ गृहस्थ बनना, ब्याह करना; *in* ~ सुखमें, अच्छी दशामें; *on* ~ *that* इस शर्त्तपर कि, बशर्ते कि; *out of* ~ बुरी दशामें।

condition[2] v.t. अवस्थापन करना, अभीष्ट अवस्था या दशामें लाना, ठीक करना; उपयुक्त बनाना, सधाना; प्रतिबन्ध करना, रखना; पण लगाना, प्रतिबन्ध लगाना, अपबद्ध करना, शर्त्त लगाना; किसी शर्त्तपर मानना; (वाणिज्य०) मालकी हालत जाँचना; उपाधीयन करना; *the two things* ~ *each other* दो अन्योन्याश्रित वस्तुएँ हैं; *they* ~ *the universe anew* ये लोग विश्व-ब्रह्माण्डपर नयी-नयी शर्तें लगाते हैं।

conditional १. n. अपेक्षाव्यंजक वाक्यांश अथवा शब्द; ~ clause (व्या०) अपेक्षाव्यंजक वाक्यांश; ~ mood विधिलिङ्; २. a. सोपबन्ध, सोपाधिक, उपाधिवाची, समययुक्त, आपेक्षिक, सनियम, शर्तिया; सप्रतिबन्ध, सप्रतिबन्धी, प्रातिबन्धिक (~ *acceptance*)।

conditionality n. सोपाधिकता, आपेक्षिकता, प्रतिबन्धता, शर्तबन्दी।

conditionally adv. समयपूर्वक, सप्रतिबन्ध, प्रतिबन्धपूर्वक, शर्तिया।

conditioned a. प्रतिबन्धयुक्त, शर्त्तवाला; प्रतिबद्ध, प्रसीमित, प्रतिबन्धित; उपाधीयित; वर्ती, स्थित (*ill, well* ~); किसी विशेष अवस्था या दशामें (*well* ~); परिस्थितियुक्त; ~ reflex आपेक्षिक प्रतिवर्तन, प्रशिक्षण या आदत द्वारा किसी उत्प्रेरकके लिए ऐसी स्थिति लाना (जो स्वाभाविक नहीं है जैसे, घण्टीके बजनेपर कुत्तेके मुँहसे पानी गिरने लगना); *the size is* ~ *by the requirements* आवश्यकताओंपर ही आकार-प्रकारकी अवस्थिति है;

~ reflex, ~ response, ~ stimulus.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

condolatory a. अनुशोचनात्मक, समवेदनासूचक, सहानुभूतिव्यंजक।

condole v. i. सहानुभूति प्रकट करना, शोक प्रकट करना, हमदर्दी करना, मातमपुर्सी करना।

condolement, condolence nn. अनुशोचन, समवेदन, शोक, समदुःखता, मातमपुर्सी।

condominium n. द्वैराज्य, दो राष्ट्रोंकी साथ-साथ प्रभुता।

condonation n. संक्षमण, संक्षमा, क्षमा, प्रमार्जन, दोषमार्जन, प्रायश्चित्त, अपराधक्षमा, माफी।

condone v. t. संक्षमण करना, दोषमार्जन करना, क्षमा करना, उपेक्षा करना, माफ करना (अपराध); प्रायश्चित करना, प्रमार्जन करना (अपराधके कार्योंके लिए)।

condoner n. संक्षन्ता, दोषमार्जक।

condor n. कण्डोर, दक्षिणी अमेरिकाका बड़ा गीध।

condottiere n. (इटलीका) पण्यसैनिक, किरायेका सिपाही।

conduce v. i. (व्यक्तियोंके लिए क्वचित्, घटनाओंके लिए प्रायः) प्रवृत्त करना, प्रेरित करना, कारण होना, सहायक होना, उत्पन्न करना, बढ़ाना; आनयन करना, लाना।

conducive a. उत्पादक, जनक, साधक, कारण, सहायक, प्रेरक।

conduciveness n. जनकत्व, उत्पादन, साधकत्व, कारणत्व, सहायकत्व, प्रेरणा।

conduct[1] n. संचालन, परिचालन (व्यापार आदि); (कलाकी) प्रणाली, पद्धति, शैली; नेतृत्व, नायकत्व, मार्गदर्शन; आचरण, आचार, व्यवहार (*good, bad* ~); निर्वाह; ~-money गवाहको प्रदत्त यात्रा-व्यय, तलबाना; regimental, company, ~ sheet दलीय या रेजिमेण्टका आचरण-पत्र, सैनिकके अपराध और दण्डका लेखा; safe ~ सुरक्षादान; सुनिर्वाह।

conduct[2] v.t. & i. (सेनाका) संचालन करना, सेना संचालित करना; परिचालित करना, चलाना; निर्देशन करना, पथ (मार्ग) प्रदर्शन करना, नेतृत्व करना, मार्गदर्शक होना, मार्ग दिखाना, निर्देश करना, अगुआ होना, अगवाई करना; (व्यापार, कारोबार आदिका) संवाहन करना, परिचालन करना, प्रबन्ध करना, चालन करना, कार्यसंचालन करना, निर्वाह करना, बन्दोबस्त करना; (भौ०) ताप आदि प्रेषित करना, उष्णता या बिजली प्रवाहित करना; (गायन, वृन्दवादन आदिके सम्बन्धमें) निर्देश करना, सुर या ताल बताना, तान बताना, हिदायत करना; ~ one*self* शिष्टाचार दिखलाना, आचरण करना।

conduct[3] n. एटनका ईसाई पुरोहित या पादरी।

conductance n. संवाहन; संवाहिता, संवाहन-शक्ति।

conductibility n. संचरणीयता, प्रवाहकत्व।

conductible a. (ताप) संचरणीय, संचालनीय; (उष्णता, ताप आदि) संवाह्य, प्रवाह करने योग्य, (या कभी-कभी) प्रवाहित किये जाने योग्य।

conducting a. संवाही, संचालक (~ *element*)।

conduction n. (द्रव एवं तरल पदार्थका नाली आदि द्वारा) चालन; (ताप आदिका) संवाहन, संचारण, सम्प्रेषण, प्रवाह।

conductive a. संवाही, सम्प्रेषणशील, संचरणीय, चालक; संचारण शक्तिका, चालन शक्तिका।

conductivity n. संवाह, संवाहिता (~ *cell*), संचरणीयता, सम्प्रेष्यता, चालकता, बिजली चालित करनेकी विशेष शक्ति।

conductometer a. संवाहमान, संचारमापक।

conductor n. संवाहक, चालक, प्रवाहित एवं चालित करनेवाली वस्तु (*good, bad* ~); सेना-विभागका युक्ताधिकारी, वारण्ट-अधिकारी; यान-निर्वाहक; अधिनायक, नायक, पथ-प्रदर्शक, मार्ग-दर्शक, नेता, अगुआ; निर्वाहक, व्यवस्थापक, प्रबन्धक, प्रबन्धकर्त्ता; संवेत-गान, वाद्य आदिका निर्देशक, उस्ताद; रक्षक, गार्ड ⊙; ~ of heat उष्णता संचालक, उष्णताका प्रवाहक, गर्मीका संचालन करनेवाला; lightning-~ विद्युत्-संवाहक।

conductorial a. संवाहकीय।

conductorless a. संवाहकहीन, बिना चालक।

conductorship n. संवाहकता, नेतृत्व, यानचालकता।

conductress n. संवाहिका, यान-निर्वाहिका; चपरासिन।

conduit n. संकुल्या, कुल्या, संनाल, नल, जल-निर्गम, जलप्रणाली, पानीकी मोरी (अथवा ला०); नली, नाद या कठौता (जो अवरोधक-विद्युत्-तारोंके बचावके लिए हो), इसकी लम्बाई; तंग रास्ता; ~ system कुल्या-प्रणाली, (विद्युत्का सिकुड़न, तनाव, खिंचाव, जिसमें संवाहक एवं चालक धरतीके नीचे कुल्यामें हो)।

conduplicate a. (वन०) मध्यनाडीवलित, लम्बाईकी ओरसे दोहरा मोड़ा हुआ।

Condy('s fluid) n. सोडियम परमैंगनेटका एक घोल।

condylar a. सन्धिकन्दीय, गुट्टीका, हड्डीके सिरेपरके उभरे हुए भागसे सम्बन्धित।

condyle n. सन्धि-कन्द, गट्टा, गुट्टी, हड्डीके सिरेका उभरा हुआ भाग।

condyloma n. (त्वचापरका) दाना, खालपर गिल्टीकी तरहकी फूली।

cone १. n. शंकु, कोई शुण्डाकार वस्तु (जो वृत्ताकार हो और ऊपरको नुकीली हो); शंकुफल, चीड़ या देवदारु-का फल; रोहिणी जातिका समुद्रीय छिलका, ढाँचा, एक सामुद्रीय जन्तुका खोल; नोकदार आकृतिवाली वस्तु; ऋतुसूचक यन्त्र, (शंकु आकृतिका) ऋतुसंकेतक यन्त्र (जो आँधी और वर्षाका आना बताता है); २. v.t. शंकु आकृतिका बनाना, नोकदार बनाना; (विमानका) अनेक बत्तियों द्वारा प्रकाशित होना या ताड़ा जाना; v.i. चीड़का फल उगना; ~-wheat टूँडदार गेहूँ, एक प्रकारका दाढ़ीदार गेहूँ;

~-bearing, ~-bearing tree, ~ cell, ~ delta, ~-nose, ~nose bug, ~ scale,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ sheet, ~ shell, ~ sugar, ~ yarn.

coney n. प्रशशक, एक तरहका खरगोश।

confab n. (विश्रब्ध) सम्भाषण, वार्तालाप, बातचीत, गपशप।

confabulate v. i. सम्भाषण करना, वार्तालाप करना, गप मारना, बातचीत करना।

confabulation n. सम्भाषण, वार्तालाप, बातचीत, गपबाजी।

confabulatory a. सम्भाषणसम्बन्धी, वार्तालापका, बातचीतका।

confect n. मिष्टान्न, मिठाई, पाक, पाग।

confection १. n. स्त्रियोंका (पहलेसे तैयार किया हुआ) सुन्दर वस्त्रविशेष, लबादा, शाल-दुशाला आदि; उपस्कर, पाक, मुरब्बा; मिश्रण, मिलावट; मिश्रित वस्तु; मिष्टान्न, मोदक, पाग, मिठाई; २. v.t. प्रस्तुत करना, तैयार करना, बनाना।

confectionary a. खण्डखाद्य, मिष्टान्न-, मिठाई-सम्बन्धी, पागका।

confectioner n. पाकविशेषज्ञ, मिष्टान्निक, हलवाई, मुरब्बा बनानेवाला, मिठाई बनानेवाला, कान्दविक, केक आदि बनानेवाला।

confectionery n. पाकशाला, मिष्टान्नशाला, मोदक-विक्रयस्थान, हलवाईकी दुकान; पाक-कला।

confederacy n. दुरभिसन्धि, अभिसन्धि, कपट-मन्त्रणा, कूटसम्बन्ध; षड्यन्त्र, अपजाप, कूटमन्त्रणा, कूटकर्म, साजिश; संघटन, संयोग, प्रसन्धि, सन्धि, मेल; प्रसंघ, गुट; प्रसन्धान; प्रसन्धिवर्ग, राज्यसंघ, संघसमुदाय, महासंघ (*Southern C~*)।

confederal a. संघ-सम्बन्धी, प्रसन्धानीय।

confederate[1] n. दुरभिसन्धिकर्त्ता; सहकारी, सहकर्मी, सहायक; सहापराधी, दुस्सहाय, पापसहाय, अपराधमें सहकारी, साथ देनेवाला व्यक्ति; संधी, प्रसंघ-सदस्य; C~ States of America अमेरिकाके राज्यसंघाधीन राज्य।

confederate[2] v.t. & i. (किसी व्यक्ति, राज्य या अपने आपको) परिसंहत करना, (सन्धिसूत्रमें) समाबद्ध करना या होना, संयुक्त करना या होना, एकत्र होना, सन्धिबद्ध करना, संघटनमें शामिल करना।

confederated a. परिसंहत, प्रसन्धानित।

confederation n. परिसंघ, प्रसन्धान, संगठन, संघट्टन, सन्धान, जत्थाबन्दी; महागणराज्य, महासंघ, राज्यसंघ।

confederative a. प्रसन्धानीय, प्रसंघीय, राज्योंके संघटनके प्रकारका; सन्धान-सम्बन्धी।

confer v.t. & i. अभिदान करना, अनुदान देना, प्रदान करना, देना, पहुँचाना (अधिकृति, अनुग्रह, कृपा, उपाधि आदि); सम्भाषण करना, सम्मन्त्रणा करना, परामर्श करना, बातचीत करना, सलाह करना।

conferee n. प्रदत्ती, प्रदानपात्र, जिसको कुछ दिया जाय।

conference n. सम्मन्त्रणा, मन्त्रणा, परामर्श, सम्भाषण; सम्मन्त्रणाधिवेश, परिषद्, सम्मेलन, सभा; रीतिबद्ध गिरजेका वार्षिक सम्मेलन।

conferential a. मन्त्रणा-योग्यः सम्मेलन-सम्बन्धी।

conferment n. अनुदान, अभिदान, परिदान, प्रदान, उपहार देना; उपायन, भेंट।

conferrable a. अनुदेय, प्रदानीय, अभिदानके योग्य; मन्त्रणीय, परामर्शके योग्य।

conferral n. प्रदान, भेंट, उपहार।

conferred a. प्रदत्त, दिया हुआ।

conferrer n. प्रदाता, देनेवाला; परामर्शी।

conferring n. मन्त्रणा, विचार; प्रतिपादन।

confervite n. हरिरोम जीवाश्म, प्रवाल।

confervoid a. (वन०) हरिरोमाभ, प्रवाल-जैसा।

confess v.t. & i. पापांगीकार करना, अपराध स्वीकार करना, प्रकट करना, पाप कह देना (गुरुके सामने); स्वीकरण करना, अंगीकार करना, अपनाना, कबूलना (*I ~ my fault*); (गुरुका अनुतापीके) पश्चात्तापको ध्यानपूर्वक सुनना, पश्चात्ताप मानना।

confessant n. अंगीकार करनेवाला; अनुतापी, पश्चात्ताप करनेवाला।

confession n. पापांगीकरण, दोषस्वीकृति, अंगीकार, स्वीकरण, स्वीकार, स्वीकारोक्ति, आत्मस्वीकृति (तथ्य, दोष, पाप आदिकी), इकबाल; अंगीकृत या स्वीकृत बात; (प्रा०) दोषके अंगीकारक या स्वीकर्त्ताकी समाधि; auricular ~ श्रव्य पश्चात्ताप, गुरुके समक्ष पापोंका स्वीकरण; ~ of faith धर्मस्वीकृति, शुद्धि, धार्मिक सिद्धान्त या किसी अन्य सिद्धान्तके अंगीकरणकी घोषणा।

confessional १. n. वेदी (जहाँ बैठकर पुरोहित या पादरी दोष-स्वीकरण सुनता है), पादरियोंके बैठनेका स्थान (*secrets of the ~*); २. a. स्वीकारात्मक, दोष-स्वीकरण-सम्बन्धी, आत्मस्वीकृति-सम्बन्धी, अंगीकार-सम्बन्धी।

confessionalism n. दोषस्वीकार-पद्धति।

confessionary १. n. शहीदकी समाधि; २. a. स्वीकारात्मक, पश्चात्तापसम्बन्धी।

confessionist n. किसी विशेष धर्मविश्वासका अनुगामी, विश्वासी।

confessor n. अंगीकारक, अपराधांगीकर्त्ता, पापांगीकर्त्ता, स्वीकर्त्ता, दोष स्वीकार करनेवाला; जो खतरेके समय (आपत् कालमें) अन्य धर्म स्वीकार करता है (परन्तु शहीद नहीं होता); पापमोचक, पुरोहित, पादरी (जो दोष एवं पापका स्वीकरण सुनता है); The C~ इंग्लैण्डका सम्राट एडवर्ड तृतीय।

confetti n. नकली मिष्टान्न, विवाह-आदिके समय फेंके जानेवाले रंगीन कागजके छोटे-छोटे टुकड़े।

confidant n. अन्तरंग मित्र, विश्वासपात्र, विश्वासी पुरुष।

confide v.t. & i. विश्रम्भण करना, विश्रम्भ रखना, विश्वास करना, प्रतीति करना, भरोसा करना; रहस्याख्यापन करना, रहस्य कहना, गुप्त बात कहना, भेद

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

खोलना; विश्वासपूर्वक अर्पण करना, (भार) सौंपना।

confidence n. विश्रम्भ, प्रत्यय, प्रतीति, निष्ठा, दृढ़ विश्वास, पूरा भरोसा; शूरता, साहस, दिलावरी; प्रत्याशा; धृष्टता, ढिठता, निर्लज्जता, लज्जाहीनता; रहस्यदान; ~ trick विश्रम्भकूटता, छलसे दूसरोंका विश्वासपात्र बनना, दूसरोंपर विश्वास जमाकर छलना; *in* one's ~ विश्वासपात्र; *told in* ~ रहस्य बताना, गुप्त बात बताना।

confident n. & a. जातप्रत्यय, विश्वासपूर्ण, विश्रब्ध, विश्वस्त, विश्वासप्रतिपन्न, असन्दिग्ध; विश्वासी, भरोसा करनेवाला; साहसी; दृढ़, धृष्ट, निर्लज्ज, ढीठ; रहस्य जाननेवाला, गुप्त बात जाननेवाला।

confidential a. विश्वासपूर्वक लिखा या कहा हुआ; विश्रम्भी, सविश्रम्भ, विश्वस्त; विश्रब्ध, गोपनीय, गुप्त; आप्त (जन); गुह्य, गूढ़;

~ clerk, ~ diary, ~ information, ~ letter, ~ papers, ~ report, ~ work.

confidentiality, confidentialness nn. विश्रब्धता, विश्वस्तता, गोपनीयता।

confider n. विश्वासी, गोप्ता।

confiding a. विश्वासी, विश्रब्ध, विश्वस्त।

configuration n. (ग० ज्यो०) ग्रह इत्यादिकी आपेक्षिक स्थिति, सापेक्षिक व्यवस्था, विग्रह; संरूपण, संरूप, विन्यास, आकृति, आकार, सदृशता, रूप, रीति, ढाँचा, खाका।

configurational a. संरूपण-, विग्रहात्मक (~ *formula*)।

configure v.t. आकृति या रूप देना, ढाँचा बनाना (प्रायः ला०)।

confinable a. संसीमनीय; बन्दीकरणीय; नियन्त्रणीय।

confine[1] n. संसीमा, सीमान्त, परिसर भूमि; सीमा, हद्द; (pl.) सीमाप्रदेश।

confine[2] v.t. & i. संसीमन करना, संसीमित करना, परिसीमित करना, सीमित करना, सीमाबद्ध करना, सीमित रखना, घेरना; निरोधन करना, नियन्त्रणमें रखना; (व्यक्ति, वस्तु या स्वयंको) सीमासे बाहर न होने देना, रोक रखना, रोकना; नियन्त्रित करना, नियन्त्रण रखना, बन्दीकरण करना, कारागृहमें रखना, बन्द करना, कैद करना; सूतिकागारमें रहना, सौरमें रहना, सौरीमें होना, जच्चाखानेमें होना; ~ *with* (कभी-कभी) निकटवर्ती होना।

confined a. संसीमित, सीमित, संकीर्ण, घिरा हुआ, बन्द (~*to bed*)।

confinement n. संसीमन, अवरोध, निग्रह, बन्दीकरण, निरोध, परिरोध, कारावास, बन्धन, रोक कैद; सूतिकागार-वास, प्रसूति, जच्चगी; संयमन, नियन्त्रण, परिसीमा, हद्द।

confirm v.t. (सन्धि, अधिकार, उपाधिका) अनुमोदन करना, पुष्टि करना, परिपुष्ट करना; समर्थन करना, प्रमाणित करना, पुष्ट करना (वक्तव्य, साक्ष्य या बयानको); (शक्ति, प्रभुत्व, अधिकार या अधिकृत वस्तुको) संस्तम्भित करना, स्थापित करना, स्थायी बनाना, स्थिर करना, पक्का करना, जमाना, मजबूत करना; (किसी व्यक्ति द्वारा उसके स्वभाव या मत आदिका) स्थिरीकरण करना, संदृढ़ण करना; दृढ़ीकरण करना; प्रेरित करना, उत्तेजित करना, बढ़ावा देना, पुख्ता करना; नामकरण-संस्कार करना, ईसाई धार्मिक संस्कारकी रस्म करना (पक्का ईसाई बनना)।

confirmable a. अनुमोदनीय, समर्थनीय, प्रमाणयोग्य।

confirmation n. संस्तम्भन, स्थिरीकरण, स्थायीकरण, संदृढ़ण, दृढ़ीकरण, प्रमाणीकरण, पुष्टीकरण, पुष्टि, परिपुष्टि, अनुमोदन, समर्थन, पोषण, मजूरी; नामकरण संस्कार, नामकरण संस्कारकी एवं ईसाई बच्चोंको दीक्षा देनेकी रीति;

~ copy, ~ slip.

confirmative, confirmatory aa. पुष्टिकारी (~ *test*); समर्थक, स्थिर करनेवाला, दृढ़ करनेवाला, हिमायती।

confirmatively adv. प्रमाणतः।

confirmed a. संदृढ़, स्थिरीकृत, पुष्टिकृत, प्रमाणीकृत (~ *endorsement*), दृढ़ीकृत, स्थिर किया हुआ, पक्का (~ *loyalist*); उग्र (रोग), सख्त (बीमारी)।

confirmee n. पुष्टी, स्थिरीकृत व्यक्ति।

confirmer n. अनुमोदन करनेवाला, समर्थन करनेवाला, प्रमाणित या पुष्ट (पक्का) करनेवाला।

confiscable a. अपहरणीय, अपहरणयोग्य, जब्त करने योग्य।

confiscate v.t. समपहरण करना, राज्यसात् करना, राज्याधिकारमें लेना, सरकारी बना लेना (अर्थदण्डके रूपमें); सर्वस्व अपहरण करना, हरण करना, बलपूर्वक अधिकारमें करना, छीन लेना, कुर्क करना, जब्त करना।

confiscated a. समपहृत, जब्त (~ *articles*)।

confiscation n. (वोल०) कानून द्वारा सर्वस्व अपहरण, कानूनके परदेमें लूट; समपहरण, समपहार, राज्यसात्करण, सर्वस्वहरण, सर्वस्वापहरण, निःस्वीकरण, हरण, कुर्की, जब्ती।

confiscator n. समपहर्ता, अपहर्ता, कुर्क करनेवाला, जब्त करनेवाला।

confiscatory a. समपहारी, अपहरणशील, कुर्की-सम्बन्धी, जब्तीका।

confiteor n. प्रायश्चित्त, (जन-समूहमें) अपकर्म-प्रायश्चित्त-क्रिया (रोमन कैथॉलिक चर्चमें)।

confix v.t. संदृढ़ण करना, मजबूतीसे जमाना; दृढ़तासे बद्ध करना।

conflagrant a. प्रचण्ड, प्रज्वलित, जलता हुआ।

conflagration n. प्रज्वलन, प्रचण्ड ज्वाला, ज्वलन, दीपन, प्रचण्ड वह्नि, प्रचण्ड अग्नि, अग्निदाह, अग्निकाण्ड (शा० एवं ला०); forest ~ दावानल।

conflate १. v.t. सम्मिश्र करना, विभिन्न पदार्थोंको एकमें मिलाना, गड़बड़घोटाला कर देना; २. a. सम्मिश्र,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

संयुक्त, एकमें मिला हुआ।

conflation n. सम्मिश्रण, संयोजन।

conflict[1] n. अभिसम्पात, अन्तर्द्वन्द्व, संघर्ष, संयोधन, प्रतियोगिता, स्पर्धा, प्रतिद्वन्द्विता, विग्रह, समाघात, विरोध, द्वन्द्व, कलह, झगड़ेबाजी, झगड़ा; विसंवाद, विप्रतिपत्ति, अन्तर्विरोध, परस्पर विरोध, भिन्नता, मुठभेड़ (विचारों आदिकी); सम्प्रहार; *in ~* प्रतिकूल, विरुद्ध, विरोधी, विभिन्न।

conflict[2] v. i. विरोध होना, टक्कर खाना, टकराना, लड़ना, भिड़ना, झगड़ना (प्रायः ला०), मुठभेड़ होना, मुकाबला होना; प्रतिकूल होना, असंगत होना।

conflicting a. विवादग्रस्त (*~ boundaries*); परस्पर विरोधी, विपरीत, प्रतिकूल (*~ observations*)।

confliction n. समाघात, असंगति, विरोध, वैपरीत्य, प्रतिकूलता, विवाद, कलह, टक्कर, मुठभेड़।

conflictive a. विवादग्रस्त, प्रतिकूल, परस्परविरोधी।

confluence n. वेणि; व्यतिकर, समागम, सम्मिलन, समामेल, संगम (नदियोंका), संयोग, मिलाप; मिलनेकी जगह।

confluent a. सम्प्रवाही, साथ प्रवाहित होता हुआ, साथ बहता हुआ।

conflux n. वेणी, संगम, सम्प्रवाह, संयोग, जोड़, मेल।

confocal a. संनाभि, संनाभ्य, संकेन्द्र।

conform v.t. & i. समानुरूप होना, समनुरूपण करना, संरूप करना, अनुरूप बनाना या होना, समानुरूप करना, अतिबद्ध होना, किसी नमूनेके समान बनाना, एक मेलका होना या करना; सदृश करना, समान करना, माफिक करना; अनुगत होना, सदृश होना, सम्मत होना, अनुमत होना।

conformability n. अनुरूपता, सदृशता, संगति, एकरूपता, साम्यता, समानता; विनयभाव, वश्यता।

conformable a. अनुरूप, अनुगुण, सदृश, सम, समान, संगत, एकरूप, एक मेल, एक-सा; अविरुद्ध; विनेय, वश्य, नम्र।

conformance n. समनुरूपता, संरूपता, एकरूपता, अनुगति, सम्मति, सदृशता।

conformation n. समनुरूपण, संरूपण, समनुरूप, संयोजन, अनुकूलीकरण; सदृशता (आकार, रचना, गठन, ढंग, ढाँचाकी), आधार-भूत ढाँचा, बनावट।

conformer n. सिद्धान्तोंका समनुरूपण करनेवाला, किसी माने हुए सिद्धान्तके अनुरूप चलनेवाला, विश्वासी।

conforming a. समनुरूप (*~ to discipline*)।

conformist n. इंग्लैण्डके गिरजाघरका राजधर्मानुयायी, धर्मानुवर्ती, अनुयायी।

conformity n. समानुरूपता, सानुकूलता, अनुरूपता, सादृश्य, अतिबद्धता, संरूपता, अनुसारिता; आनुगुण्य, अनुवृत्ति, संगति, अनुकूलता; *in ~ with* अनुसार, अनुरूप, सदृश।

confound v.t. (प्रा०) अपमानित करना, लज्जित करना, शर्मिन्दा करना, शर्म दिलाना, शर्माना; निष्फल करना; पराजित करना, व्यर्थ करना, धूलमें मिलाना, नाकाम करना (योजना, आशाको); सम्भ्रमित करना, उच्छृंखल करना, अव्यवस्थित कर देना, अव्यवस्था फैलाना, अस्त-व्यस्त करना, गड़बड़ कर देना, घबड़ा देना; सम्मिश्रित करना, मिला-जुला देना, मिलाना; विक्षिप्त करना, भ्रान्तिजनक कर देना, सम्भ्रम करना, विभ्रम करना, विस्मित करना, समाकुलित करना, व्याकुल करना, उलझाना, हैरान करना, परेशान करना; हक्का-बक्का कर देना; *~ it, you* ईश सत्यानाश करे; *to ~ by argument* वादविवादमें वागवरोधन कर देना, वाद-विवादमें वाणीका निरोध कर देना, बहस-मुबाहिसेमें मुँह बन्द कर देना अर्थात् हरा देना।

confounded a. चकित, समाकुलित, सम्भ्रान्त, विह्वलित, हतबुद्धि।

confounding a. सन्देहजनक, संशयोत्पादक।

confraternity n. समवाय, निकाय, समुदाय, मण्डली, गुट्ट, गिरोह; बन्धुत्व, सौभ्रात्र, सौहार्द, संभ्रातृत्व, भाईचारा, बिरादरी।

confrere n. समव्यवसायी, साथी, मित्र, सहयोगी, सहकर्मी।

confront v.t. प्रतिकूल होना, विपरीत होना, विरोध करना, सामना करना, सामने होना, मुकाबिला करना; सम्मुखीकरण करना, सम्मुखस्थापन करना, अभिमुख होना, समक्ष होना, सम्मुख होना; (कठिनाइयों आदिसे) दो चार होना; सामने ले आना, सामना करा देना, आमने-सामने लाना, मुकाबिला कराना (अभियुक्त आदिका); उद्धत होना, आज्ञाका उल्लंघन करना, अवज्ञा करना।

confrontation n. समक्षता, सम्मुखागमन, मुकाबला; उद्धतता।

Confucian n. & a. कनफ्यूशीअस (चीनके दार्शनिक) का अनुयायी, कनफ्यूशी।

Confucianism n. कनफ्यूशीवाद; कनफ्यूशी धर्म।

confusable a. व्यग्र करने योग्य, सम्भ्रमित करनेके योग्य।

confuse v.t. सम्भ्रमित करना, क्रमभंग करना, अस्त-व्यस्त करना, अव्यवस्था कर देना; परिभ्रमित कर देना, संक्षोभित कर देना, विह्वल कर देना, व्याकुल करना, लज्जित करना, शर्मिन्दा करना, उलझाना, घबड़ा देना, झेपाना; उच्छृंखल करना, संकुलित करना, आकुल करना, व्यग्र करना, सम्मिश्रित करना, चकरा देना, परेशान करना।

confused a. अव्यवस्थित, अनियमित, ऊबड़-खाबड़ (*~ sandhills*); गड़बड़, चकराया हुआ।

confusedly adv. ससम्भ्रम, सन्दिग्धतया, व्याकुलतापूर्वक, घबड़ाकर।

confusedness n. अस्तव्यस्तता, अव्यवस्था, विह्वलता, व्याकुलता, घबड़ाहट।

confusing a. सम्भ्रमकारी, गड़बड़ानेवाला, (*~ colouration*)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

confusion n. संविलयन, सम्मिश्रण, मिलाना; मानसिक हलचल, विप्लव, अस्तव्यस्तता, खलबली, हड़बड़ी, हुलड़, दंगा, हंगामा, शोरगुल; संक्षोभ, संकुलता, व्यतिकर, द्विविधा, परिभ्रान्ति, विस्मय, उलझन, घबराहट, गड़बड़ी, असमंजस, परेशानी; वैक्लव्य, सम्भ्रम, व्याकुलता; एक प्रकारका अभिशाप; ~ *worse confounded* अधिक सम्भ्रम, बदतरी, पहलेसे अधिक खराबी; *drink* ~ *to* किसीके विनाशके लिए इच्छा करना।

confutable a. प्रत्याख्यानीय, प्रत्याख्यान करने योग्य।

confutant n. प्रत्याख्याता, खण्डन करनेवाला।

confutation n. प्रत्याख्यान, निराकरण, खण्डन।

confutative a. प्रत्याख्यानपर, खण्डनात्मक, प्रत्याख्यान करनेमें लगा हुआ।

confute v.t. प्रत्याख्यान करना, अप्रमाणित सिद्ध करना, असिद्ध करना, झूठा सिद्ध करना; प्रत्याक्षिप्त करना, खण्डित करना, मिथ्या प्रमाणित करना, गलत कर दिखाना, रद्द करना।

conge, -gee nn. विदाई, नमस्कार ! प्रणाम !

congeal v.t. & i. संशीत करना या होना, घनीभूत होना, थक्का बनना, गाढ़ा करना, जमना, जमाना; पिण्डीभूत करना, शीतीभूत करना, ठोस बनाना (ला०)।

congealable a. घनीभूत होने योग्य, जमाने योग्य।

congealed a. संशीत, जमा हुआ।

congealment n. जमानेकी क्रिया; CONGELATION.

congee[1] v. i. विदाई लेना या विदा होना; नमस्कार करना।

congee[2] n. काँजी, (तमिल) कंजी, मण्ड, माँड़।

congelation n. पिण्डीभूत स्थिति, शीतीभूत स्थिति, जमी हुई हालत; घनीकरण, घनीभाव, जमावट; घनीभूत वस्तु, गाढ़ी वस्तु, जमी हुई वस्तु।

congener n. & a. समलिंगी, समान, उसी प्रकारका; सगोत्र, सजातीय, सजाति।

congeneric a. समलिंगी, समप्रकार, समान, सजातीय, सजाति, एकजातीय, एक स्वभावका; समप्रकृति, समानशील।

congenerous a. सगोत्रीय, एकवंशी, एक गणका; सजाति, समभेद, एक प्रकारका; ~ muscles समपेशियाँ।

congenial a. सुखावह, सुहावना, अनुकूल, उपयोगी, उचित; (व्यक्ति या स्वभाव आदि) अनुरूप, अनुकूल, उपयुक्त, समानशील, सहधर्मा, सजाति, एकरूप; संवेदनापूर्ण, सहानुभूति-सम्पन्न, करुणा-पूर्ण, हमदर्द; ~ to health स्वास्थ्यकर, स्वास्थ्योपयोगी, तन्दुरुस्तीके लिए लाभकारी।

congeniality n. समानशीलता, सजातित्व, सधर्मता, अनुरूपता, उपयुक्तता, उपयोगिता।

congenital a. जन्मज, जन्मगत, सहजात, जन्मजात, आजन्मिक, सहज, साथ उत्पन्न हुआ (रोग, दोष, न्यूनता आदि), वंशगत, पैतृक (रोग); प्राकृत, अन्तरज, अन्तर्भूत।

conger n. जल-व्याल (एक बड़ी समुद्री मछली)।

congeries n. ओघ, संचय, पुंज, राशि, समुदाय, पिण्ड, समूह, भीड़, ढेर, जमाव।

congest v.t. & i. पिण्डीकृत होना, जमाव होना, जमा हो जाना, भीड़ लगना, भीड़का जमा होना; घनीभूत होना या करना, राशीकृत होना या करना, संचित होना या करना, घना होना, संचित होना, ढेर लगाना, इकट्ठा होना या करना।

congested a. संकुलित, संकुल, घना (~ *area*); ~district घना मण्डल, अत्यधिक जनसंख्यावाला जिला।

congestion n. रक्तावष्टम्भ, रक्तसंकुलता, रक्तावरोध, रक्तसंचय, रक्तसंग्रह, घनता, रुधिरका जमाव (शरीरके किसी अंगमें); (ला०, जनसंख्या, आबादी, परिवहन आदि) संकुलन, घनी आबादी, जमाव, बिचपिच, भीड़-भाड़।

congestive a. संचयशील, जमाऊ; रक्तसंकुल (~ *heart failure*)।

conglobate १. v.t. & i. एकपिण्डीभूत होना, एकपिण्ड होना, गोलीकृत करना या होना, गोला (या गेंद) जैसा बनाना, गोलीनुमा बनाना; २. a. सगोलित, पिण्डीभूत, पिण्डाकार, गुम्बद-सा, गोली-सा (~ *gland*)।

conglobation n. सम्पिण्डन, संगोलन।

conglobe v.t. & i. दे० CONGLOBATE.

conglomerate[1] n. & a. सम्पिण्ड, सम्पिण्डित, पिण्डीभूत, ढेरके रूपमें जमा हुआ; (भूगर्भ०) भूस्तरमें पाषाणीभूत कंकड़, कणोंका जलमें जमाव, जमाया हुआ।

conglomerate[2] v.t. & i. समुपचित करना या होना, सम्पिण्डन करना, राशीकृत करना या होना, पिण्डीभूत करना या होना, पुंजीभूत करना या होना, एक राशि हो जाना, एकीकरण हो जाना, ढेर करना या होना (शा० एवं ला०), जमाना।

conglomeration n. समुपचयन, राशीकरण, एकीकरण।

conglutinate v.t. & i. सन्धान करना या होना, संरोपित होना, संरोपण करना या होना; संश्लिष्ट करना या होना, संयोग होना, आपसमें चिपक जाना, सरेस या गोंदसे चिपकाना या बैठाना, जोड़ना, जुड़ना।

conglutination n. सन्धान, संश्लेषण, संरोपण, संयोग, जोड़।

conglutinative a. समाश्लिष, संश्लेषणात्मक, जोड़नेकी शक्तिवाला, जोड़ू, घाव भरनेवाला।

congou n. चीनकी काली चाय, कंगू।

congratulant n. & a. अभिनन्दक, मांगलिक, मंगलशील, बधाई देनेवाला।

congratulate v.t. कल्याण मनाना, मंगलसूचक शब्द कहना, बधाई देना, मुबारकबाद कहना; ~ *oneself* अपने आपको सौभाग्यशाली विचार करना, आनन्द प्रगट करना, बधाई बजाना।

congratulation n. साधुवाद, अभिनन्दन, बधाई, मुबारकबाद; (pl.) आनन्द-प्रकाशन, बधाइयाँ, बधाईके शब्द।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

congratulative, congratulatory aa. मंगल-पूर्ण, मंगलमय, बधाईसूचक।

congratulator n. बधाई देनेवाला, जयजयकार करने-वाला।

congregant n. यहूदी पारिषद्।

congregate v.t. & i. संचित करना या होना, जमा करना या होना, ढेर लगाना (वस्तुओंका); समवेत होना, एकत्र होना या करना, इकट्ठा होना या करना, जमा होना या करना (व्यक्तियोंका, भीड़का)।

congregation n. विद्वत्सभा, विश्वविद्यालयके (विद्वज्जन) सदस्योंकी परिषद्; परिषद्, समवाय, सभा, समुदाय, समाज; सत्संग, धार्मिक परिषद्, धार्मिक सभा; समूह, इकट्ठ, भीड़भाड़, जमाव; कैथॉलिक धर्मका स्थायी शासनसंघ (*the C~ de propaganda fide*); ~ of saints, सन्तों एवं सिद्धों आदिका समुदाय; ~ of the wicked दुष्ट मण्डली।

congregational a. सामाजिक, सामुदायिक, सामू-हिक (~ *worship*); समुदायवादका अनुयायी (प्रेमी)।

Congregationalism n. स्वतन्त्र धर्मपद्धति-सम्बन्धी व्यवस्था, कैथॉलिक धर्मशासन समितिकी व्यवस्था, गिरजा शासनकी व्यवस्था (जिसमें प्रत्येक गिरजेको वैधानिक, अनुशासनात्मक और न्यायसम्बन्धी कामोंकी स्वतन्त्रता हो)।

Congregationalist n. गिरजाके स्वातन्त्र्यका पक्षपाती।

Congregationalize v.t. गिरजोंको आन्तरिक मामलोंमें स्वतन्त्रता प्रदान करना।

congress n. भारतीय राजनीतिक संघ, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस; अमेरिकाके प्रजातन्त्रकी राष्ट्रीय व्यवस्थापिका सभा, अमेरिका या दक्षिणी या मध्य अमेरिकाके प्रजातन्त्र-का राष्ट्रीय व्यवस्थापक दल; समागम, सम्मेलन, समिति, महासभा, सभा, कांग्रेस (*Social Science C~*); प्रतिनिधि-सभा, विचार-विमर्शके लिए प्रतिनिधियोंकी औपचारिक बैठक, जमघट, जमावड़ा; C~-man महा-सभ्य, महसभाजन, कांग्रेसका सभासद्, कांग्रेसका सदस्य, कांग्रेसी।

congressional a. महासभाका, कांग्रेस-सम्बन्धी।

congressite n. कांग्रेसी, अमरीकी विधान-सभाका सदस्य।

congreve a. & n. ~ match एक प्रकारकी माचिस; ~ rocket पिछले युद्धोंमें प्रयुक्त एक प्रकारका रॉकेट बम।

congruence, congruency nn. संविदा, सर्वांग-समता, सादृश्य, संगति, उपयुक्तता, अनुरूपता, ऐक्य, एकरूपता; दृढ़ता, स्थिरता, ठहराव।

congruent a. सर्वांगसम (रेखाग०में भी), संगत, अनुरूप, उपयुक्त; उपयोगी; ऐक्यविशिष्ट।

congruity n. सामंजस्य, संगति, सादृश्य, सम्बद्धता, संगतता, अनुरूपता, युक्तता, अविरुद्धता।

congruous a. संगत, सदृश, अनुगुण, अनुगत, अनु-रूप, उचित, अविरुद्ध; सम्बद्ध, युक्त, ठीक।

congruousness n. = CONGRUITY.

conic a. शांकव, कोणिक; सूच्याकार, शंकुकी आकृतिका, नोकदार (~ *section*)।

conical a. शकुक, शांकव्य, शंकुरूप, शंक्वाकार, सूच्याकार, शुण्डाकार, गर्जरवत् (~ *beaker*)।

conically adv. शुण्डवत्, शंकुकी तरह।

conicoid n. शांकवज।

conics n. शांकविकी, शांकवगणित, शंकु-परिच्छेदका अनुशीलन।

Conidae n. शंकुशंख।

conifer n. शंकुजन्मक, शंकुधर, कोणिफल; देवदारु-जातीय वृक्ष।

Coniferae n. शंकुधरा; शंकुधरकुल, चील-देवदारुके पेड़।

coniferin a. शंकुधरी।

coniferous a. शंकुधर, शंकुमय, कोणिफलप्रद।

coniform a. शांकव, शंकुरूप, शुण्डाकार, सूच्याकार।

coniin n. विषगर्जरी, एक पीला विषैला द्रव।

conima n. वनवातामु, वनवातामोद्भास, एक सुगन्धित गाढ़ा वृक्षरस।

conine n. दे० CONIIN.

conirostral a. शंकु-चंचु, शंकुवत् चंचुवाला, कोणके समान दृढ़ चोंचवाला (पक्षी)।

conium n. विषगर्जर, विषैला वृक्षरस।

conjecturable a. अनुमेय, कल्पनीय, अनुमान्य; ऊहात्मक, तर्क करने योग्य।

conjectural a. अनुमित, आनुमानिक, कल्पित, काल्प-निक, ऊहापूर्ण, ऊहायोग्य, अटकलपच्चू (~ *outlay*)।

conjecturally adv. अनुमानतः, ऊहापूर्वक, अटकलसे।

conjecture[1] n. अध्याहार, धारणा, अनुमान, कल्पना, तर्क-वितर्क, ऊहा, अटकल अन्दाज।

conjecture[2] v.t. & i. तर्क-वितर्क करना, धारणा बनाना, तर्कपूर्ण विवेचन करना, अनुमान करना, विचा-रना, अटकल लगाना या चलाना, कल्पित करना, अन्दाज करना।

conjee n. (तमिल) कंजी, चावलका माँड़; काँजी।

conjoin v.t. & i. सम्मिलित करना, एकत्रित होना, एकत्र करना, मेल करना; संयुक्त करना या होना, संयोग होना, सन्धाना, मिलाना, जोड़ना, जुड़ना।

conjoint a. संयुक्त, सहत, सहयुक्त, संश्लिष्ट, सहस्थ, सम्बद्ध, सम्मिलित, मिला हुआ, जुटा हुआ, जुड़ा हुआ (~ *account*)।

conjointly adv. संयुक्तरूपेण, सम्बद्ध, इकट्ठे, जुड़कर।

conjugal a. दाम्पत्य, दाम्पत्य-प्रेम-सम्बन्धी; दाम्पतिक, वैवाहिक, विवाह-सम्बन्धी (~*rights*); पातिव्रत-सम्बन्धी, सतीत्वसम्बन्धी, (~ *affection*); ~ fidelity सतीत्व, पतिव्रतधर्म, पति-पत्नीका प्रेम; ~ love दाम्पत्यप्रेम।

conjugality n. दाम्पत्य, वैवाहिकता।

conjugant a. संयुग्मक, जुटा हुआ, जोड़ा।

conjugatae n. संयुग्मक; संयुग्मक-गोत्र, मिथुन, जोड़े।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

conjugate[1] १. n. संयुक्त शब्द या वस्तु, अनुबद्ध वस्तुः २. a. (गणित०) संयुग्मित, संयुग्मी; अनुबद्ध (~ *diameter*); (व्या०) सहज, एक ही धातुसे निकला हुआ; जुटा हुआ, जोड़ा, मिला हुआ; (प्राणिवि०) संयुक्त, घुला-मिला हुआ; ~ mirrors इस प्रकार लगाये गये या रखे गये आइने (कि एककी नाभिसे निकली किरणें दूसरेपर प्रतिबिम्बित हों)।

conjugate[2] v.t. & i. संयुक्त होना, स्त्री-पुरुषका संसर्ग या सम्भोग करना, विवाह होना; (व्या०) (क्रियापदके) रूप चलाना, धातुरूप बनाना, (वाच्य, क्रियार्थभेद, काल, वचन, पुरुष आदिके) रूप साधना, रूपान्तर बताना, रूप बनाना; (प्राणिवि०) संयुग्मित करना या होना, अनुबद्ध करना या होना, एकरूप करना या होना, घुल-मिल जाना।

conjugated a. संयुग्मित, संयुग्म, सम्बद्ध; रूपसिद्ध।

conjugation n. संयुग्मन, संयोजन, सम्बन्ध(न), संयोग, अनुबन्ध; (व्या०) रूप-साधन, धातुरूप, रूपान्तर (क्रियाके), क्रियारूप; (प्राणिवि०) मैथुन, कोष्ठयोजन (पुनरुत्पादनके लिए दो समान कोषोंका)।

conjugational a. क्रियारूपसम्बन्धी; मैथुन, कोष्ठ-योजन-सम्बन्धी।

conjunct १. n. संश्लिष्ट व्यक्ति या वस्तु; २. a. संश्लिष्ट, संयुक्त, युक्त, परस्पर मिले हुए; संसर्गित, साझादार, जुड़ा हुआ; सम्मिलित, मेल किया हुआ।

conjunction n. (व्या०) समुच्चय-अव्यय, समुच्चय-बोधक, संयोजक (अव्यय); संसर्गित व्यक्तियों या वस्तुओंकी संख्या, भीड़; संगम; घटनाओं आदिका सम्मिलन, एक ही समयमें घटित होना; समागम, संयोजन, सम्पर्क, संसर्ग, संयोग, सहयोग, योग, ऐक्य, सम्बन्ध, मेल, मिलाव; जोड़; (ज्यो०) संयुक्ति, युति, दो ग्रहोंका (स्पष्ट) योग, समीपता।

conjunctional a. समुच्चयबोधक; यौगिक, संयोग-सम्बन्धी।

conjunctiva n. युजा, आँखके भीतरी भागकी झिल्ली।

conjunctive a. & n. संयोजक; यौगिक, संश्लेषक, संयोजनशील, मिलानेवाला, जोड़नेवाला (~ *tissue*); (व्या०) यौगिक, संयोजक शब्द; ~ mood कारणात्मक, सम्भाव्य क्रियार्थभेद।

conjunctively adv. संयुक्त, इकट्ठे।

conjunctivitis n. युजाकोप, आँखकी भीतरी झिल्लीके फूल आनेका रोग।

conjuncture n. संकटापन्नता, विपदग्रस्त अवस्था, आपत्तिकाल, संकटकाल; संयोग, योग, सन्धि, स्थिति, अवसर, घटना।

conjuration n. अनुरोध, प्रार्थना (रीत्यनुसार या शपथपूर्वक), शपथ, अपील; अभिचार, पिशाचविद्या, श्मशान-तन्त्र, माया, इन्द्रजाल, मन्त्र, जादू, टोना, ओझाई, कुहक, झाड़-फूँक।

conjurator n. शपथ-बद्ध (दूसरोंके साथ); प्रेतसाधक, भूतसाधक, ओझा, जादूगर, मदारी।

conjure v.t. & i. पुनर्विचारकी प्रार्थना करना, शपथ-पूर्वक पूछना, अनुरोध करना, अपील करना (शपथपूर्वक या हृदयसे); इन्द्रजाल करना, हस्तकौशल दिखाना, मन्त्र फूँकना, छल-कपट करना, बाजीगरी दिखाना; मदारीपन करना, जादू करना; जादू टोना करके वशमें करना; बाहर लाना, ले जाना, निकालना; मोहित करना, मन्त्रवश करना, आवाहन द्वारा भूतको वशमें करना, भूतको बुलाना; ~ *up* मायावी होना; कल्पित करना, भावनामय होना।

conjurement n. अभ्यर्थना, अभिशपथ; कड़ी निषेधाज्ञा, जादू, मन्त्र, वशीकरण।

conjurer, -or n. हस्तकौशली, इन्द्रजाली, ऐन्द्रजालिक, कापालिक, मान्त्रिक, तान्त्रिक, मायिक, ओझा, मदारी, जादूगर; असामान्यतः चतुर, प्रवीण व्यक्ति (*he is no* ~); डाकिनी, डाइन।

conjury n. इन्द्रजाल, जादू।

conk[1] n. (ग्रा०) घ्राणेन्द्रिय, नासिका, नाक।

conk[2] v. i. (बोल०) हार जाना, रह जाना, फट पड़ना; मरना।

conky n. & a. बड़ी नाकवाला (व्यक्ति)।

connascent a. (वन०) = CONNATE.

connate a. (वन०, जीववि०) जनियुक्त, जुड़े हुए (पत्ते) (~ *sessile*); समवयस्क (उत्पत्तिमें); सहज, सहजात, सहोत्पन्न, एककालोत्पन्न, जुड़वाँ; नैसर्गिक।

connation n. सहजता, सहजन्म; नैसर्गिकता; जोड़।

connatural a. सहजात, एकजातीय, समप्रकृति; नैसर्गिक, सहज, स्वाभाविक; एक स्वभावका।

connaturalise v.t. समप्रकृति बनाना, एक स्वभावका करना।

connect v.t. & i. संयोजित करना, संसर्ग होना, सम्पर्क होना, संपृक्त करना या होना, सम्बन्धकरण करना, सम्बन्धन करना; अनुबद्ध करना, सम्बद्ध करना या होना, योजन करना, (दो वस्तुओंको) मिलाना, मिलना, जोड़ना, जुड़ना, साँटना, बाँधना, गाँठना आदि; अनुरूप (तर्क-वितर्क) करना; साथ होना, साझा होना, मेल करना या होना; (मनसे) अनुषंग करना, समागम करना, संयोग होना, संग करना।

connected a. योजित, सम्पृक्त, सम्बद्ध, मिला हुआ आदि (क्रियागत अर्थोंमें); संयुक्त, संलग्न, जुटा हुआ (*well* ~)।

connectedness n. सम्बद्धता, युक्तता, सम्पृक्तता, जोड़।

connecter, -or nn. संयोजक, जोड़नेवाला।

connectible a. संयोज्य, संयुक्त होने योग्य, मिलने योग्य।

connecting a. संयोजी, योजी (~ *train*)।

connection n. = CONNEXION.

connective a. संयोजक, योजी, जोड़नेवाला मिलानेवाला, (संयोजिनी); ~ tissue योजी ऊति, संयोजक तन्तु, संयोगतन्तु।

conner n. निरीक्षक, दरोगा; निर्देशक, चालक; रट्टू,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

घोट्ट ।

connexion*, connection n. संसर्ग (परस्पर), समागम, (व्यक्तिगत) सम्बन्ध*, मेलजोल; विषय, विचार-का सम्बन्ध (*in this* ~); अनुषंग, संसर्ग, सम्पर्क, सम्बन्ध, मेल, लगाव; संयोजन, योग, संयुक्ति, युजा; जोड़; मेल (रेल या जहाज आदिका) (*miss the* ~); सम्भोग, जननेन्द्रिय-सम्बन्ध, स्त्री-पुरुष-सम्बन्धी संसर्ग (*criminal* ~); सगोत्र, सम्बन्धी, रिश्तेदार; कुल-बन्धुता, कुटुम्ब-बन्धुता; धार्मिक दल; क्रेता-वर्ग, खरीदार आदि (*business with a good* ~); *in* ~ *with* सम्बन्धमें, सम्बद्ध्य, अनुबद्ध्य, मिला हुआ, जुटा हुआ; *to cut the* ~ पृथक् करना, विलग करना, संसर्ग तोड़ना, अलग करना ।

connexional a. सम्बद्ध, सम्बन्धात्मक, संसर्गी; सगोत्र, बन्धुवत् ।

conniption ⊙ n. रोगावेश, दौरा, मिरगी, बेहोशी ।

connivance n. अवगर्हित अनुमति, अव्यक्त अनुज्ञा, मूक आज्ञा (*done with his* ~); गज-निमीलिका, अक्षिसंकोच, ज्ञानापह्नव, उपेक्षा, मौनानुकूलता, आना-कानी, अनसुनी, हीला-हवाला, टाल-मटोल, आँख मिच-काना, आँखें मूँद लेना ।

connive v. i. गजनिमीलिका करना, आँखें मूँद लेना; आँख मिचकाना, उपेक्षा (या अवहेलना) करना, ध्यान न देना, टाल-मटोल करना, आनाकानी करना, अनसुनी होना, हीला-हवाला करना ।

connivent a. (प्राणिवि०) उपसारी, अभिसृत, अभिसारी, दोषोंकी उपेक्षा करनेवाला, टालनेवाला, आँख मिचकानेवाला ।

connoisseur n. सूक्ष्मनिरूपक, सूक्ष्मनिरीक्षक, पारखी, परखनेवाला (कला, रुचि आदिका) ।

connoisseurship n. सूक्ष्म निरूपण, परख ।

connotate v.t. अर्थ सूचित करना; विशेषार्थ या लक्षणार्थ देना; विशेषणको ध्यानमें लाना ।

connotation n. गुणार्थ, लक्षणार्थ, गुण-निर्देश, सामा-न्याभिधान, अभिधान, अर्थबोधन ।

connotative a. गुणनिर्देशक, लक्षणार्थक, गुणार्थक, गुण-बोधक, अभिधानसूचक ।

connote v.t. (तर्क० शा०) सामान्याभिधान करना, गुण-निर्देश करना, गुण-बोध करना; परिणाम, फल या शर्त्तके रूपमें सूचित करना (तथ्य आदि); गुणार्थ देना, लक्षणार्थ देना (शब्दोंका), अर्थ सूचित करना; (ढीलेपनसे) सूचित करना, इच्छा करना ।

connubial a. दाम्पत्य, दम्पति-सम्बन्धी; पाणि-ग्रहण-सम्बन्धी, वैवाहिक, विवाह-सम्बन्धी, मियाँ-बीवीका ।

connubiality n. दाम्पत्य, वैवाहिकता ।

conoid १. n. शंक्वाभ, सूच्याकार वस्तु, ठोस वस्तु (जो शांकवके छेदन एवं कर्त्तनसे खरादपर बनी हो); २. a. शंक्वाकार, सूच्याकार, नोकदार ।

conoidal a. शंक्वाभीय, शंकुवत्, सूच्याकार ।

co-nominee n. सहमनोनीत, सहयुक्तनाम ।

conquer v.t. & i. संजयन करना, संजय करना, (भूमि) जीतकर अधीन करना, प्राप्त करना, देश जीतना; पराभूत करना, परास्त करना, पराजित करना, विजित करना, बल द्वारा अधिकृत करना, विजय प्राप्त करना, विजय पाना, हराना, जीतना; संयमित करना, वशीभूत करना, वशमें करना; *stoop to* ~ युक्ति सोचना, अभीष्ट सिद्ध करनेका साधन करना, तदबीर करना, हेर-फेरसे काम निकालना ।

conquerable a. जेय, जीतने योग्य ।

conqueror n. संजेता, जेता, देशजेता, विजेता, विजयी, जीतनेवाला; विजितहृदय व्यक्ति, जितेन्द्रिय; बच्चोंकी एक (अखरोटकी) खेलकी विजय; the C~ विलियम प्रथम, इंग्लैण्डका सम्राट् ; *play the* ~ (बोल०) हार-जीतका निर्णय करना, अन्तिम बाजी लगाना, निर्णायक खेल, छल या चाल चलना ।

conquest n. संजिति, संजय, विजय, देशजय, जय, पराजय (देश आदिकी); विजित क्षेत्र, विजित प्रदेश, जीता हुआ प्रदेश, राज्य; *make a* ~ (*of*) (व्यक्तिके) हृदय-को जीतना ।

conquistador n. स्पेनी विजेता, दक्षिणी अमरीकापर विजय प्राप्त करनेवाला स्पेनी वीर ।

consanguine a. सगोत्र, सपिण्ड, सपितृ ।

consanguineous a. समोद्भव; रक्तसम्बद्ध, सलोहित, सगोत्र, सपिण्ड, एकपिण्ड, सहोदर, सगा, एक खूनका ।

consanguinity n. सपितृता, सगोत्रता, सपिण्डता, रक्तसम्बन्ध, सगापन (ला० भी) (*by reason of* ~) ।

conscience n. विवेक, अन्तरात्मा, अन्तःकरण, ईमान; सदसद्विचारशक्ति, सदसद्विवेक, अच्छे-बुरेका विवेक; चैतन्य, जागृति; ~ clause अन्तःकरण-खण्ड, (कानूनमें) विवेकधारा, सम्बद्ध व्यक्तियोंके प्रति सदसद्विवेकके लिए विधिधारा; ~ money प्रायश्चित्त राशि; विवेक धन, अन्तःकरण धन, अन्तःकरणको शुद्ध करानेके लिए भेजा हुआ धन; ~-proof विवेक या अन्तरात्माकी प्रेरणाके प्रभावसे मुक्त या हीन; good, clear, bad, guilty ~ विवेक, निष्पाप या निर्मल मन, सदसद्की चेतना, दूषित अन्तरात्मा; *a guilty* ~ *needs no accuser* चोरकी दाढ़ीमें तिनका; *for* ~ (*or* ~') *sake* अन्तःकरणको सन्तुष्ट करनेके लिए, विवेकके अभिप्रायसे, विवेकके लिए; *have on* one's ~ अपने अपराध एवं दोषका ज्ञान होना, अपना अपराध महसूस करना; *have the* ~ *to* धृष्टता करना, साहस करना; *in all* ~ सद्विवेकसे, विवेकबुद्धिसे, पूर्णानुभवसे; *upon* one's ~ सत्यतः, सचमुच ।

conscienceless a. आत्माशून्य, अन्तःकरणहीन, अविवेकी, बेईमान ।

conscientious a. अन्तःकरणानुयायी, अन्तःकरणा-नुकूल, अन्तःपरायण, शुद्धमति, धर्मशील, विवेकात्मक, पुण्यात्मा, ईमानदार; ~ objector आपत्तिकर्त्ता (जो अन्तःकरणसे मानता हो कि सैनिक सेवा अच्छी नहीं) ।

conscientiously adv. विवेकपूर्वक, जान-बूझकर ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

conscientiousness n. चैतन्य, चेतना, जागृति; पुण्यशीलता, अन्तःकरणकी शुद्धता, ईमानदारी।

conscionable a. संन्याय्य, सदसद्विवेच्य, विवेक या ईमान द्वारा शासनीय, अन्तरात्मा द्वारा नियमित या चालित।

conscious* a. जाग्रत, प्रबुद्ध, संज्ञापूर्ण, सबोध, चौकस, (मानसिक रूपसे); अभिज्ञ, सतर्क, सचेत*, चेतन (तथ्य आदिका); (अभिनेताओं आदिकी) प्रदर्शनपूर्ण (चेष्टा, भाव आदि) (*with ~ superiority*)।

consciousness n. प्रतिबोध, चैतन्य, चेतना, संज्ञा, जागृति, ज्ञान, बोध; व्यक्तिकी भावनाओं और विचारोंकी समष्टि, पूर्णता (*moral ~*); अनुभव।

conscribe, conscript[1] v.t. (क्वचित्) बलसैन्यन करना, (बलपूर्वक) सेनामें भर्ती करना, फौजमें अनिवार्य भर्ती करना।

conscript[2] n. & a. बलसैन्य, जबरी भर्ती किया हुआ (व्यक्ति), जबरी रँगरूट; ~ fathers रोमन आनुपदों (सीनेट-सदस्यों) की सामूहिक अधिकृति, उपाधि।

conscripted a. बलसैन्यित, जबरी।

conscription n. बलसैन्यन; युद्धयोगीकरण, अनिवार्य भर्ती, जबरी भर्ती; ~ of wealth धन-बलसैन्यन, धनका युद्धयोगीकरण।

consecrate[1] v.t. विनियोग करना, संस्कृत करना, पवित्रीकरण करना, पाप हरना; संस्कार करना, पवित्र करना; प्रतिष्ठित करना, धर्मार्थ समर्पित करना, अर्पित करना (किसी पुण्यके उद्देश्यसे)।

consecrate[2] a. संस्कारित, पवित्रित, प्रतिष्ठित, पवित्र किया हुआ।

consecration n. याजक-नियुक्ति, पवित्र-पदकी नियुक्ति; आत्मोत्सर्ग, उत्सर्ग, समर्पण (उद्देश्यके लिए); धर्मार्पण, पुण्यार्पण, समर्पण, अर्पण; उत्सर्गीकरण, पवित्रीकरण, संस्कार; प्राणप्रतिष्ठा।

consecrator n. विनियोगी, उत्सर्जक, अर्पयिता, संस्कर्ता।

consecratory a. पवित्र; उत्सर्गीय, समर्पणीय।

consectary n. व्यवकलन, निगमन, उपसिद्धि, घटाव।

consecution n. (व्या०) शब्दक्रम, अन्वय; श्रेणी, परम्परा; तार्किक अनुक्रम, क्रममाला, क्रम।

consecutive a. (व्या०) परिणामवाचक (*~ clause*); सतत, निरन्तर, आनुपूर्व, अविरत, क्रमबद्ध, क्रमानुगत, प्रातिवेश्य, लगातार, सिलसिलेवार, बारी-बारीसे; अनुगामी; ~ intervals (संगीत) क्रममें परिणामी अन्तराल, एक ही गीतके दो बन्धोंमें पंचम और षष्ठ स्वरके बीच आनेवाला अन्तराल; ~ order लगातार क्रम, अनुक्रम।

consecutively adv. क्रमशः, अनुपूर्व, लगातार।

consecutiveness n. सातत्य, सततता, क्रमबद्धता, अनुपूर्वता।

consenescence n. जरा-जीर्णता, बुढ़ापा।

consension n. सहमति, अनुमति।

consensual a. सहमतिक, सम्मत, अनुमति-रचित, मतैक्य-सम्बन्धी।

consensus n. (श०र०शा०) विभिन्न अवयवोंका ऐक्य; बहुमति, बहुमत, सर्वसम्मति, ऐकात्म्य, ऐकमत्य, एकात्मकता, मतैक्य, सम्मतिकी एकात्मता, एकमत, एकता, अनुकूलता।

consent[1] n. अनुज्ञा, आज्ञा; सहमति, अनुमति, सम्मति, मर्जी, रजामन्दी, मंजूरी; age of ~ सहवास-वय, सहमति-वय, युवाकाल, युवावस्था, जवानी; *silence gives ~* मौनं सम्मतिलक्षणम्, चुप सम्मतिका द्योतक है; *with one ~* सर्वसम्मत होकर, सर्वसम्मतिसे, एकमत होकर, एक रायसे।

consent[2] v. i. अभ्यनुज्ञा देना, अनुज्ञा देना, अनुमति देना, सम्मति देना, अनुमत होना, सम्मत होना, सहमत होना, स्वीकार करना, मान लेना, मंजूर करना, रजामन्द होना।

consentaneity n. संगमन, सर्वसम्मति; औचित्य, अनुकूलता।

consentaneous a. संगामी, समकालिक, समानवर्ती; एकमत, एकराय; उचित, अनुकूल, ठीक।

consentaneousness n. संगामिता, समानुवर्तिता, सर्वसम्मतत्व, मतैक्य, संगति।

consentience n. सहवर्तन; सम्मति, मतैक्य।

consentient a. सहवर्ती, सम्मत, एकमत, एकचित्त।

consequence n. संविपाक, निर्गम, परिणाम, फल; अनुक्रम, तर्क, अनुमान; गुरुत्व, गौरव, गुरुता, महत्त्व, महत्ता, महिमा, प्रतिष्ठा, प्रभाव (*persons of ~*); *in ~* फलस्वरूप, परिणामके रूपमें, इस हेतुसे, इस कारणसे; *of no ~* निष्फल, निरर्थक; *take the ~s* फल पाना, अपने कियेको भुगतना।

consequent[1] n. (गणित) निष्पत्ति, अनुपात की दो संख्याओंमें दूसरा, चार आनुपातिकोंमें दूसरा और चौथा; (तर्क०) उत्तरांग; संविपाक, विपाक, परिणाम, घटनाफल; आनुषंगिक घटना।

consequent[2] a. संविपाकी, आनुषंगिक, समनुवर्ती (*~ legislation*), अनुवर्ती, अनुगामी, परिणामी (*~ change*), फलस्वरूप; तर्कानुसार अटल, अविचल, तर्कपूर्ण।

consequential a. आनुषंगिक, परिणामी, अनुवर्ती (*~ relief*) अनुवर्तन करनेवाला, पीछा करनेवाला।

cousequentiality n. अनुगमन, परिणाम, फल, पीछा।

consequently adv. & conj. परिणामतः, फलतः, फलस्वरूप, तदनुसार, इस परिणामसे, इस हेतुसे, इस कारणसे; अतः, इति, इसलिए।

conservable a. परिरक्षणीय, बचा रखने लायक।

conservancy n. मलवहन; सरकारी परिरक्षण, संरक्षण (वन आदिका), सरकारकी निगरानी; अधिरक्षण-विभाग, बन्दरगाह, नदी आदिका नियन्त्रण करनेवाला आयोग या व्यवस्था या संगठन (*Thames C~*);

~ arrangements, ~ authorities, ~ cess, ~ collection, ~ drums, ~ receipt, ~ staff,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ system, ~ tax.

conservant a. परिरक्षणशील, संरक्षणशक्य, बरबाद होनेसे बचा रखनेमें समर्थ; टिकाऊ।

conservation n. संरक्षण, परिरक्षण, रक्षण, बचाव; स्थायित्व, स्थिरता, अविनाशिता, नित्यत्व, नित्यता, टिकाऊपन, ठहराव।

conservationist n. अनुदार, पुराणपन्थी; सन्धारक, संरक्षक।

conservatism n. अनुदारतावाद, अनुदारता; पुराणप्रियता, पुरातनवाद।

conservative १. n. अनुदार, कंजरवेटिव पार्टीका सदस्य, कंजरवेटिव; सनातनी, पुराणपन्थी; २. a. परिमित ⊙ (~ *estimate*); सुरक्षित ⊙; रूढ़िवादी, गतानुगतिक; परिरक्षणशील, संरक्षी, अविनाशी; सौम्य, नरम; साधारण; सचेत, सावधान; C~ Party अनुदार दल, इंग्लैण्डका एक राजनैतिक दल।

conservatoire n. संगीतकी एक प्रणाली।

conservator n. सरकारी परिरक्षक (संग्रहालय आदिका); अधिरक्षक, रक्षक या पालक; ~s of the peace शान्तिके परिरक्षक, सम्राट्, न्यायमन्त्री आदि।

conservatorship n. परिरक्षकत्व, संरक्षकता।

conservatory n. मृदुल वनस्पतियोंको रखनेका रक्षागृह, रक्षणस्थान, रक्षास्थान; (जनताका) संगीतविद्यालय ⊙।

conserve[1] n. मिठाई, मुरब्बा, पाग।

conserve[2] v.t. परिरक्षित करना, रक्षण करना, सुरक्षित रखना, रक्षा करना, नष्ट होनेसे बचाना, सुनिश्चित करना, पालन करना, बचा रखना, बनाये रखना, बचाना; ढालसे रक्षा करना।

conserver n. परिरक्षक, बचा रखनेवाला; पाग बनानेवाला।

consider v.t. & i. विमर्श करना, चिन्तन करना, विचार करना, ध्यान देना, विचारना, सोचना, गौर करना; ध्यानमग्न होना, सोचना-विचारना; धारणा करना; गुणोंकी तुलना करना, (मनमें) तौलना, जानना, समझना; अनुमान होना या लगाना, अटकल लगाना, तर्क करना, परखना, जाँचना, गिनना; मानना, समझना (*I ~ him to be a knave*); ~ *of* (प्रा०) चिन्तन करना, विचार करना।

considerable a. चिन्तनीय, विचारणीय, सोचने योग्य, परखने योग्य, गौर करने योग्य; (सामान्य भाववाचक वस्तु) अनल्प, पर्याप्त, यथेष्ट, प्रचुर, बहु, बहुत-कुछ, काफी (~ *damage*, ~ *friction, opposition, scope, sum, trouble*); गण्य-मान्य, प्रतिष्ठित, आर्य, पूज्य; *by* ~ ⊙ काफी मात्रामें; ~ *handicap* ⊙ अत्यधिक असुविधा।

considerableness n. अनल्पता, प्रचुरता, बहुलता, यथेष्टता।

considerably adv. अनल्प, अतीव, अत्यन्त, अत्यधिक।

considerate a. (प्रा०) सतर्क, सचेत, सावधान, होशियार; दूरदर्शी; दूसरोंके लिए चिन्तनशील, विचारशील, विचारवान्, लिहाज रखनेवाला।

considerateness n. सतर्कता, सावधानी; चिन्तनशीलता, विचारशीलता, दूरदर्शिता।

consideration n. आकलन, समीक्षा, निरूपण, विमर्श, चिन्तन, विवेचन, विचार, गौर; ध्यान, गम्भीर चिन्तना; तथ्य, तर्क (*that is a* ~); प्रतिष्ठा, गुरुत्व, गौरव, गुरुता; प्रतिदेय, प्रतिफल, मुआवजा (*for a* ~); प्रतिकर; (कानू०) बदल, बदला, पलटा; *in* ~ *of* हेतु, लिए, इस कारणसे, बदलेमें, पलटेमें; *take into* ~ चिन्तन करना, विचार करना, ध्यान देना, गौर करना; *under* ~ विमर्शाधीन, विचाराधीन।

considering prep. (सम्बन्ध०) समझते हुए, विचार करते हुए, इस विचारसे (*it is excusable* ~ *his age*); *that is not so bad* ~ इस दशा या स्थितिमें यह बात उतनी बुरी नहीं है।

consign v.t. प्रेषण करना, दूसरेको भेजना; प्रेषित करना, रेल द्वारा भेजना, रवाना करना, भेजना; न्यासमें रखना, धरोहर रखना, जमा करना (बैंकमें); अर्पण करना, सौंपना, हवाले करना, देना, दे डालना, सुपुर्द कर देना।

consignable a. न्यास्य, धरोहर-योग्य; प्रेष्य, भेजने योग्य।

consignation n. (मालका) प्रेषण, माल भेजनेकी क्रिया; नियुक्त व्यक्तिको धनका औपचारिक भुगतान, निष्कृति, चुकती; *to the* ~ *of* नामपर, नामसे, बनाम।

consigned a. प्रेषित, न्यस्त, सुपुर्द।

consignee n. प्रतिग्रहीता, प्रेषिती, पानेवाला।

consignment n. न्यसन, समर्पण, अर्पण, प्रेषण, सुपुर्दगी; प्रेषित वस्तु, सौंपा गया माल, सुपुर्द किया हुआ सामान;

~ account, ~ basis, ~ inward, ~ ledger, ~ note, ~ outward, ~ received, ~ sent-out, ~ traced.

consignor n. प्रेषक, भेजनेवाला।

consilience n. सम्पात, मेल, एकरूपता; सुसंगति, सम्मति; संगामित्व, सहवर्तिता।

consilient a. अनुसारी, सुसंगत, सम्मत; एकरूप, सहवर्ती।

consist v. i. सम्मिलित होना, मिलना, बना होना, रहना, होना (*virtue ~s in being uncomfortable*); निर्मित होना, युक्त होना, बनना; अनुरूप या संगत होना, एकलय होना, एकतान होना।

consistence, consistency nn. संगति, अनुरूपता, अविरोध; स्थिरता, अचलता, निश्चलता, अशिथिलता, पुष्टता, मजबूती; सान्द्रता, घनत्व, घनापन, ठोसपन, गाढ़ता, गाढ़ापन।

consistent a. अविचल, दृढ़, स्थिर, अटल (सिद्धान्तपर) डटा रहनेवाला; अनुरूप, संगत, अविरुद्ध।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

२७७ Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

consistently adv. संगतिपूर्वक, अनुसार।

consistorial a. (ईसाई) परिषदीय, पुरोहितसभा-सम्बन्धी, विशपकी अदालतसे सम्बन्धित।

consistorian n. प्रेसबिटेरी ईसाई, अनुषद्सभाका सदस्य।

consistory n. (ईसाई) अनुषद्, सभा, आचार्य परिषद्, पुरोहित सभा, पोप एवं धर्माध्यक्षों (कार्डिनल) की सीनेट; लूथरन पादरी परिषद्, बोर्ड; प्रधानपादरीकी अदालत; C~ Court विशपकी अदालत।

consociate[1] n. & a. समायुक्त; पार्श्ववर्ती, सहचर, संगी, साथी।

consociate[2] v.t. & i. समायोजन करना, मिलाना; पार्श्ववर्ती होना, सहचर होना, परस्पर मिलना, मेल करना, साथ रहना, साथ होना।

consociation n. सहयोग, सहचरता, मिलाप; संघात, संगठन।

consolable a. समाश्वसनीय, सान्त्वना देने योग्य, ढाढ़स देने लायक।

consolation n. समाश्वासन, आश्वासन, सान्त्वना, धीरज, ढाढ़स, तसल्ली, दिलासा; सान्त्वनापूर्ण अवस्था; ~ prize, समाश्वासक पुरस्कार, ढाढ़सी इनाम; ~ race, stakes दिलासा देनेके निमित्त बाजी या दौड़।

consolatory a. आश्वासनपूर्ण, सान्त्वना-प्रद, सान्त्वना-शील, सुखावह, ढाढ़स देनेवाला।

console[1] n. अभिवार, ब्रैकेट (जिसमें बाजे, बाजेकी खूँटी आदि रहें); एक प्रकारका ताखा या दीवारगीर; ~-table, ~ mirror दीवारपर ताखेके सहारे खड़ी मेज या शीशा, दीवारगीर शीशा।

console[2] v.t. आश्वासन देना, सान्त्वना या शान्ति देना, धैर्य बँधाना, आँसू पोंछना, ढाढ़स देना, पीठ ठोंकना, दिलासा देना, तसल्ली करना।

consoler n. आश्वासक, धैर्य दिलानेवाला, सान्त्वना देनेवाला, दिलासा देनेवाला।

consolidate v.t. & i. समाहरण करना, एकीकरण करना, संगृहीत करना, समेकत्र करना, मिलाकर एक कर देना, एक करना, इकट्ठा करना, एक ही में शामिल करना, (रियासतों, सीमाप्रदेशों, कम्पनियों आदिको) मिलाना; संसान्द्रण करना, संदृंहण करना, सम्पिण्डन करना, घनीकरण करना, घनीभूत होना, संघात करना, ठोस होना या करना, सख्त बनाना; प्रबल करना या होना, दृढ़ करना या होना, पुष्ट करना, पक्का करना, ठोस करना या होना (प्रायः ला०, शक्ति आदिका)।

consolidated a. सम्पिण्डित, संघनित, समेकित, संचित, समस्त, इकट्ठा (~ *bill*, *fund*)।

consolidating a. समेकन- (~ *officer*)।

consolidation n. संदृंहण, समाहरण, संघात, घनीकरण, एकत्रीकरण, दृढ़ीकरण, संस्थापन, सम्पिण्डन, समेकन, संघनन, चकबन्दी;
~ clerk, ~ of holdings, ~ proceedings, ~ season.

consolidative a. एकीकृत, संघननशील, ठोस या घना करनेवाला; घाव भरनेवाला।

consolidator n. संघातक, संस्थापक, चकबन्दी करनेवाला।

consolidatory a. सम्पिण्डनशील, संघाती, घनीकर, जमाऊ।

consols pl. (प्रा०, ऋण-सम्बन्धी) संवार्षिकी, संनिधि, संचित वार्षिकी।

consomme n. मांसका शोरवा, मांस-यूष।

consonance n. (संगीत) सन्नाद, स्वर-ऐक्य, स्वर-मिलन, सुरीलापन; संस्वनता, ऐक्यध्वनि, स्वर-संगति, स्वर-संगतिमें दो स्वरों एवं ध्वनियोंकी ध्वनि; स्वर-सादृश्य, शब्दोंकी अनुरूपता; (ला०) सामंजस्य, समस्वरता, आनुरूप्य, अविरोध, एकलय, ऐक्य, मेल।

consonancy n. दे० CONSONANCE.

consonant[1] n. (व्या०) व्यंजन; अक्षर।

consonant[2] a. सन्नादी, संस्वनी, एकध्वनि, एकसुर; (संगीत) लययुक्त, निर्विरोध, मधुर, सुरीला, मिला हुआ; अनुगुण, संगत, अनुरूप, अनुकूल, अविरुद्ध, अभिमत, आनन्दकर, सामंजस्यपूर्ण।

consonantal a. (व्या०) हलन्त, व्यंजनसम्बन्धी, अक्षरसम्बन्धी (~ *declension*)।

consonous a. समस्वनी, स्वर-सादृश्ययुक्त, समस्वरीय, एकरूपतावाला।

consort[1] n. सहगामी जहाज, साथका जहाज; सहवासी, सहवासिनी, संगिनी, साथी, संगी, पति या पत्नी; King, Prince C~ सम्राज्ञीका पति, रानीका पतिदेव; Queen C~ महिषी, सम्राज्ञी, रानी, सम्राट्की पत्नी।

consort[2] v.t. & i. संगत करना या होना, एक सुरमें करना या होना, एक लयमें करना या होना, मिलना, मिलाना, अनुरूप होना, अनुकूल होना, एकमत होना, मान लेना; सहगामी होना, सहवास करना, सहचर होना, संगी होना, संग करना, संग (साथ) रहना, साथ देना।

consortism n. पतिभाव, पत्नीभाव, सहजीविता, पारस्पर्य।

consortium n. अनेक राष्ट्रोंकी अस्थायी सहकारिता, अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग; (किसी सर्वसाधारण प्रयोजनके लिए) हितसाधन।

consortship n. सहवर्तिता, मैत्री, मेल, दाम्पत्य।

conspecific a. समजातीय, एक ही जाति या उपजातिका।

conspectus n. सारणीबद्धता, तालिबद्धता, अंकबद्धता, ब्यौरे आदिका संक्षेपांकन, विवरण, प्रारूप, रूपरेखा; सामान्य दृश्य, (किसी विषयका) ढाँचा, खाका, मनसूबा।

conspicuity, conspicuousness nn. उत्कृष्टता, विशिष्टता, प्रमुखता, सुस्पष्टता।

conspicuous a. उत्कृष्ट, विशिष्ट, प्रमुख (~ *part*), संलक्ष्य, प्रसिद्ध; ध्यानाकर्षी (~ *place*), आकर्षक, मनोहर; अभिदृश्य, सुदृष्ट, दृष्टिगोचर, सुप्रकाश,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

सुस्पष्ट, प्रत्यक्ष, व्यक्त, साक्षात्, सुप्रकट।

conspiracy n. षड्यन्त्र, कपट-योजना, राजद्रोह, साजिश; कुमन्त्रणा, कपट-प्रबन्ध, कपट-सन्धि; समुपजाप, उपजाप, कूटकर्म, मनसूबा (अच्छा या बुरा); साठ-गाँठ।

conspiration n. दुरभिसन्धि, षड्यन्त्र करनेकी क्रिया।

conspirator n. समुपजापी, उपजापक, राजद्रोही, षड्यन्त्रकारी, कूटकर्मी, षड्यन्त्री, साजिश करनेवाला।

conspiratorial a. समुपजापीय, षड्यन्त्रकारी।

conspiratress n. राजद्रोहिणी, कूटकर्मिणी, षड्यन्त्रकर्त्री।

conspire v.t. & i. कुमन्त्रणा करना, कपटयोजना करना, विश्वासघात करना, मनसूबा गाँठना, बलवा करना, साठ-गाँठ करना (*~ his ruin, ~ an attack*); समुपजपन करना, षड्यन्त्र रचना, अवैधानिक कर्म करना, राजद्रोह करना, विद्रोह करना, बगावत करना, साजिश करना; सम्मिलित होना, समान होना, एकसमय होना, मिलना।

conspirer n. समुपजापी, उपजापक, राजद्रोही, षड्यन्त्रकारी, कूटकर्मी, षड्यन्त्री, साजिश करनेवाला।

conspue v.t. गर्हणा करना; घृणा करना।

conspurcate v.t. सन्दूषित करना, गन्दा करना।

constable n. दण्डधार, आरक्षक, आरक्षी, रक्षी, पुलिसका सिपाही, कांस्टेबुल; Chief C~ मुख्यारक्षी, पुलिस बल एवं दलके मुख्य अधिकारी, पुलिसकी टुकड़ीका मुख्य पदाधिकारी; C~ of England, Lord High C~ इंग्लैण्डके राज-परिवारमें ऐसा पदाधिकारी; C~ of France प्राचीन फ्रांसके राजपरिवारका मुख्य पदाधिकारी; राजाकी अनुपस्थितिमें प्रधान सेनापति; special ~ विशिष्ट राजपुरुष, पुलिस सिपाही; *outrun the ~* ऋणमें डूबना, ऋणी होना।

constableship n. आरक्षि-कार्यालय, पुलिसके कांस्टेबुलका अधिकार-क्षेत्र।

constabulary n. & a. आरक्षि-बल, आरक्षि-वर्ग, दण्डधर-गण, आरक्षकगण, पुलिस-दल, पुलिसकी टुकड़ी।

constancy n. अभिनिवेश, अविरामता, अपरिवर्तनीयता, अचलता; एकनिष्ठता, श्रद्धा, विश्वास; ध्रुवता, स्थायित्व, स्थिरता, निश्चलता, दृढ़ता, अशिथिलता, ठोसपन।

constant १. n. (गणित) स्थिर परिमाण, पक्का नाप; (भौतिकी) स्थिरांक (*~ of friction*); २. a. अनिश, अजस्र, अनवरत, सनातन, अविरत, अविराम, सर्वदा, निरन्तर, नित्य, लगातार; अविकृत, सतत, अविरल, अपरिवर्तनीय, नियत, स्थायी, स्थिर, ध्रुव, अविचलित, निश्चल, अचल, अटल, दृढ़; भक्त, एकनिष्ठ, विश्वस्त, अनुरक्त, दृढ़प्रतिज्ञ, प्रतिज्ञापालक, सच्चा, नमकहलाल, वफादार; *~ dropping wears the stone* रोज रगड़नेसे पत्थर भी घिस जाता है।

Constantia n. (केपटाउनके समीप इसी नामके गाँवमें बनी हुई) मदिरा।

constantly adv. सतत, अविरत, अनवरत, निरन्तर, नित्य, सर्वदा, बहुधा; प्रायः, अक्सर।

constellate v.t. & i. तारावली बनकर चमकना, तारापुंज बनना, नक्षत्रसमूह बनाना या बनना।

constellation n. तारावली, नक्षत्रराशि, तारकपुंज, तारामण्डल, तारासमूह, नक्षत्र (ला० भी)।

consternate v.t. सम्भ्रान्त करना, सन्त्रस्त कर देना, विस्मित करना, व्याकुल करना, उद्विग्न करना, भयभीत करना, घबड़ा देना, डराना, दिल तोड़ना।

consternation n. सन्त्रास, सम्भ्रम, महाभीति, उद्वेग, विस्मय, व्याकुलता, भय, डर।

constipate v.t. मल-अवष्टम्भित करना, मलावरोधन करना, मलावरोध करना, मलरोध करना, मलबद्ध करना, कब्ज करना; (आँतोंको) कोष्ठबद्ध करना, बद्धकोष्ठ होना।

constipated a. बद्धकोष्ठ, मलावरुद्ध।

constipation n. मलावष्टम्भ, कोष्ठबद्धता, बद्धकोष्ठ, मलावरोध, मलरोध, मलबद्धता, कब्ज।

constituency n. निर्वाचनमण्डल, निर्वाचन क्षेत्र; निर्वाचक वर्ग, मत-दातृ-वर्ग, चुननेवालोंका संघ; क्रेतृ वर्ग, खरीदार लोग, गाहक वर्ग; चन्दा देनेवाले।

constituent १. n. प्रतिनियोक्ता; निर्वाचक, मतदाता, वोट देनेवाला, वोटर; सारभूत अंश, अंग, अवयवरूप; किसी दूसरेको अपना प्रतिनिधि, मुख्तार या गुमाश्ता बनानेवाला; २. a. संविधान-सम्बन्धी, संविधायी (*C~ Assembly*); संघटक (*~ species*), नियोगकारी, निर्वाचनकारी, नियुक्त करनेवाला; घटक, रचक, अवयव, अंश, टुकड़ा, हिस्सा।

constitute v.t. वैधानिक रूप देना, कानूनी शक्ल देना (सभा आदिको); संविहित करना, संघटित करना, संगठन करना, निर्माण करना, निर्मित करना; मानसिक अवस्था ठीक करना; प्रतिनियुक्त करना, नियोजित करना, नियुक्त करना, बनाना (*~ him President*); संस्थापन करना, संस्थापित करना, स्थापित करना, प्रतिष्ठित करना, नींव डालना, ठहराना, पक्का करना; अंगीभूत होना, अवयव होना; संकल्प करना, निश्चय करना।

constituted a. संविहित, संस्थापित, संघटित, गठित, (*~ agent*)।

constitution n. संविधान; विधान-संगठन, विधान-नियम, राज्यसंघटन, संघटन; विधियंत्रण, शासन-पद्धति; (इति०) अध्यादेश, आज्ञप्ति, जयपत्रप्रादेश (*C~s of Clarendon*); संस्थापन; (मानसिक) रचना, वृत्ति, अवस्था, दशा; पद्धति, रीति; शरीर-रचना, (शारीरिक) गठन, बनावट; संस्थापन; written ~ लिखित संविधान, लिखित विधान, लिखित राज्य-व्यवस्था।

constitutional १. n. स्वास्थ्यके लिए भ्रमण, सैर-सपाटा, सैर; २. a. विधानपरक, राजनीतिक-संविधान-अनुरूप, संविधान-सम्बन्धी; संवैधानिक, संविधानीय, वैधानिक (*~ sovereign*); राचनिक, शारीरिक, शरीर-रचना-सम्बन्धी (*~ weakness*); सारभूत, अनिवार्य, आवश्यक; ~ diagram संघटन-चित्र; ~ formula संस्थापन-सूत्र।

constitutionalism n. संविधानवाद, संविधानप्रियता;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

संविधानीय शासन, वैधानिक शासन, व्यवस्थित शासन-पद्धति ।

constitutionalist n. विधानवादी; संविधानज्ञ, विधानविलेखक ।

constitutionality n. संवैधानिकता, विधानपरकता, वैधानिकता ।

constitutionalize v.t. & i. वैधानिक बनाना, वैधानिक रंगमें रंगना, वैधानिक रूप देना, व्यवस्थित करना ।

constitutive a. संघटना-निर्भर, संघटना-संबद्ध; विधायक, रचनात्मक, संस्थापनाकारी, संघटन-सम्बन्धी; अंशभूत, अंगीभूत, सावयव; सारभूत, अनिवार्य, आवश्यक ।

constitutor n. विधायक, निर्माता; अंगी ।

constrain v.t. बलात्कार करना, बलप्रयोग करना, दबाव डालना, दबाना, जबरदस्ती करना (शा० एवं ला०); संरोधन करना, निबाधित करना, बाध्य करना, संयत करना, रोकना; विवश करना, परवश करना, मजबूर करना ।

constrainable a. निबाध्य, संरोधनीय, अवरोधनीय ।

constrained a. निबाधित, बाधित, संरुद्ध, संयत, बलात्कृत, दबाया हुआ, घबड़ाया हुआ (~ *motion, manner, voice*) ।

constraint n. निग्रह, नियन्त्रण, निरोध, संयमन, संयम; संरोधन, अवरोध, बन्धन, रुकावट, रोक, कैद, बन्दिश; बलात्कार, बाध्यता, विवशता, दबाव, जबरदस्ती ।

constrict v.t. संकीर्णित करना, उपसंकुचित करना, निकुंचन करना, निचोड़ना, दबाना, घोंट देना, सिकोड़ना, कूँचकर हलवा बना डालना ।

constricted a. उपसंकोचित, निकुंचित (~ *crown*) ।

constriction n. उपसंकुचन, उपसंकोच, आकोचन, निकुंचन, संकीर्णता, दबाव ।

constrictive a. संकुचनशील, सिकोड़नेयोग्य ।

constrictor n. संकोचन-पेशी, आकोचक, किसी भागको सिकोड़नेवाली शरीरकी पेशी; संकुचन-यन्त्र, दबानेवाला; Boa ~ अजगर साँप ।

constringe v.t. उपसंकुचित करना, संकीर्णित करना (प्रांगारिक ऊति); संहरण करना, संकुचित करना, दबाना, सिकोड़ना; कसना ।

constringency n. निकुंचन, संकुचन, सिकुड़न ।

constringent a. संकोचक, संकीर्ण करनेवाला, सिकुड़नेवाला, सिकोड़नेवाला ।

construct v.t. निर्मित करना, निर्माण करना, रचना करना, तैयार करना, बनाना (ला० भी); (व्या०) पदयोजना करना, वाक्य बनाना, शब्द-विन्यास करना; खींचना, खाका खींचना (~ *a triangle*) ।

constructed a. निर्मित, रचित (~ *fire-place*) ।

construction n. निर्माण, विधान, रचना, बनावट, बनाना; रचिति, निर्मित वस्तु; पदयोजना, शब्द-विन्यास, अन्वय, शब्दोंका वाक्य-रचना-सम्बन्धी सम्बन्ध; (आचरण आदिकी) व्याख्या (*put a good, bad ~ upon his refusal*); ~ train रेलके निर्माण आदिके लिए सामान ले जानेवाली रेल ।

constructional a. निर्माण-सम्बन्धी, रचना-सम्बन्धी; भवन-सम्बन्धी, रचनाका, बनावटका ।

constructionism n. शिल्पसम्बन्धी गठन, कला-सम्बन्धी भावव्यंजना ।

constructive a. प्रकल्पक, विधायक, रचना-सम्बन्धी, बनानेवाला; रचनात्मक, निर्माणशील, रचनाशील (~ *criticism*); भवन-सम्बन्धी; (कानून) प्रलक्षित, अन्वयाश्रित; अन्तर्निहित; संकेतित (*a ~ denial, permission*), वास्तविक, भीतरी; (तर्क०) अस्त्यात्मक; प्रतीकात्मक, लाक्षणिक ।

constructiveness n. रचनात्मकता, निर्माणशीलता, प्रकल्पता, विधायकता ।

constructor n. निर्माता, रचयिता, बनानेवाला, इमारत बनानेवाला; पोत-निरीक्षक ।

constructorship n. निर्माताका पद; पोत-निरीक्षकत्व ।

construe १. n. अनुवादका परिच्छेद; २. v.t. & i. अर्थविवृति करना, विवृत करना, व्याख्या करना, समझाना, उल्था करना (शब्द, कृत्य); अनुवाद करना; शब्दशः अनुवाद करना, विश्लेषण करना, अर्थ लगाना, अर्थ निकालना, समझना; अन्वयन करना, अन्वय करना या होना; वाक्य-विन्यास किया जाना, वाक्य-विग्रह होना (*this passage does not ~*) ।

construed a. कृतान्वय (*shall be ~*); अन्वित (*'rely' is ~d with 'on'*) ।

consubstantial a. एकमूर्त्ति, एकतत्त्व, एकपदार्थ, एकशरीर ।

consubstantialist n. ईसाके अन्तिम भोजके स्मारकोत्सवमें उनके शरीर या रक्तकी विद्यमानताके सिद्धान्तमें विश्वास करनेवाला, साक्षात्-वादी ।

consubstantiality n. एकतत्त्वता, एकपदार्थता ।

consubstantiate v.t. & i. एकतत्त्व होना, एकशरीर करना या होना, एक होना, एकमेल करना ।

consubstantiation n. ईसाके अन्तिम भोजके स्मारकोत्सवमें उनके शरीर या रक्तकी विद्यमानता (का सिद्धान्त) ।

consuetude n. सामाजिक संसर्ग, सामाजिक सम्बन्ध, मेलजोल; रूढ़ि, परम्परा, रीति, प्रथा, रिवाज ।

consuetudinary १. n. प्रथाओं या रिवाजोंकी संहिता, नियमावली; २. a. रीत्यनुसार, परम्परागत, प्रथागत, रिवाजी (~ *law*) ।

consul n. प्राचीन गणतन्त्र रोमके दो अधिकरणिकोंकी उपाधि, फ्रांसीसी गणतन्त्रके तीन प्रमुख अधिकरणिकोंकी उपाधि, कान्सुल (*First ~ Napoleon*); प्रदूत, वैदेशिक प्रतिनिधि; एलची; वाणिज्यदूत; साइकिल सवारोंके गश्ती क्रुवका स्थानीय प्रतिनिधि ।

consulage n. वाणिज्य-दूत-कर, रक्षार्थ वाणिज्य-दूतके द्वारा दिया जानेवाला कर ।

consular n. & a. रोमन कान्सुलका; प्रादूतिक, वैदेशिक प्रदूत-सम्बन्धी, प्रतिनिधि-सम्बन्धी, कान्सुलका; वाणिज्य-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

दूतीय ।

consulate n. फ्रांसमें प्रादूतिक शासनका युग; रोमके प्रदूतका कार्यालय; वाणिज्य-दूतावास; प्रदूतालय, प्रदूतावास, दूतावास, एलचीका दफतर; कान्सुलका कर्मचारी ।

consulship n. प्रदूतत्व, एलचीका पद ।

consult v.t. & i. शिक्षा लेना (व्यक्ति या पुस्तकसे), समाचार प्राप्त करना, पूछ-ताछ करना, खबर पाना, हिदायत लेना; मन्त्रणा करना, परामर्श लेना, सम्मति लेना, राय लेना, सलाह लेना, मशविरा करना (व्यक्ति या पुस्तक आदिसे); विमर्श करना, चिन्तन करना, विचार करना, ध्यान करना (दूसरों की भावनाओं, हितोंका); ~ one's *pillow* (चिन्तन करनेके लिए) रातभरका अवकाश लेना, रातभर विचार करना ।

consultable a. मन्त्रणायोग्य, परामर्शयोग्य; चिन्तनीय, विचारणीय ।

consultant n. सलाह देनेवाला वकील वा चिकित्सक; मन्त्रणा या परामर्श चाहनेवाला, सम्मति चाहनेवाला, राय लेनेवाला ।

consultation n. मन्त्रणा, परामर्श, विमर्श, विचार, राय, सलाह; विचार-विनिमय ।

consultative a. मन्त्रणात्मक, परामर्शदाता, परामर्शात्मक, सलाहकार, मशविरेका (~ *committee*) ।

consulted a. परामृष्ट, मन्त्रणाप्राप्त ।

consultee n. परामर्श देनेवाला, सलाह देनेवाला ।

consulter n. मन्त्रणा करनेवाला, परामर्श लेनेवाला, सम्मति लेनेवाला, राय लेनेवाला ।

consulting a. परामर्श-सम्बन्धी (~ *room*); ~ physician परामर्शदाता चिकित्सक,

consumable n. & a. (प्रायः बहु०) उपभोज्य, उपभोगके लिए, (~ *ledger* रसीद आदि की खातावही) ।

consume v.t. & i. उपभोग करना, खा-पी जाना, व्यय करना, खपाना, खर्च करना; अपव्यय करना या होना, व्यर्थ खोना; हरण करना, क्षीण होना (समय, रोग आदिका); व्यर्थ कर देना, खत्म कर देना; नष्ट कर देना, नाश करना, उड़ा जाना, उड़ा देना ।

consumed a. उपभुक्त, खाया हुआ ।

consumedly adv. अत्यन्त, बहुतायतसे, अधिकतासे ।

consumer n. खपत करनेवाला (क्रियागत अर्थोंमें); विनियोजक, उपभोक्ता, ग्राहक; ~'s goods उपभोज्य सामग्री, उपभोक्ताकी वस्तुएँ;

~-buyer, ~'s co-operation, ~'s-credit, ~'s stone, ~'s surplus, ~'s utility.

consuming a. उपभोग-, उपभोगी;

~ area, ~ centre, ~ market, ~ population, ~ price.

consummate[1] v.t. उत्कृष्ट करना; (विवाह) पक्का करना, पूरा या पुख्ता करना; समाप्त करना, सम्पूर्ण करना, पूर्ण करना ।

consummate[2] a. चरम, निखिल, परम, उत्कृष्ट, सम्पन्न, सम्पूर्ण, पूर्ण, पूर्णता-प्राप्त, पूरा, पक्का, पुख्ता (~ *general, skill, ass*) ।

consummation n. समाप्त कार्य, पूरित वस्तु; समापन, सम्पादन, समाप्ति; सम्पूर्णता, संसिद्धि, सिद्धि, निष्पत्ति (वि० विवाहकी), सफलता, पूर्णावस्था; उत्कर्ष, परमगति, लक्ष्य, उद्देश्य ।

consummative a. सम्पूर्ण करनेका, पक्का करनेवाला ।

consummator n. पूर्ण करनेवाला ।

consumption n. क्षयरोग, यक्ष्मा, सूखारोग; उपभोग, उपयोग, विनियोग, व्यय, खर्च; खपत; विध्वंस, संहार, अवसाद, क्षय, विनाश, नाश;

~ capital, ~ centre, ~ figures, ~ goods, ~ quota.

consumptive १. n. (~ *patient*) क्षयरोगी, यक्ष्मा रोगसे ग्रस्त व्यक्ति; २. a. यक्ष्मा (रोग) से ग्रस्त; क्षयोन्मुख, क्षयशील, नाशशील, क्षयकारी, नाशकारी, विनाशक, नाश करनेवाला ।

consumptiveness n. क्षय, विनाशकत्व, क्षयरोग-ग्रस्तता ।

contabescence n. नष्ट होनेकी अवस्था; क्षय; परागक्षय, मकरन्दकी उत्पत्ति न होनेकी दशा ।

contact १. n. आसंग, संसर्ग, सम्पर्क, संस्पर्श, स्पर्श, संयोग, लगाव (*be in ~ with*); (निदान) छूतके रोगसे ग्रस्त व्यक्ति; (~*s*) परिचय ⊙; (गणित) वक्ररेखा और सरल रेखाका संस्पर्श (दो वक्ररेखाओं या दो सतहोंका); २. v.t. संस्पर्शमें आना, सम्पर्क स्थापित करना, लगाव रखना, मिलना (व्यक्तिसे); ~ lenses संस्पर्श-वीक्ष; स्पर्श-वीक्ष; ~man मध्यस्थ, पंच, बिचवहा; *come into ~ with* संयोग होना, भेंट होना, मिलना, मुलाकात होना; *break ~* बिजलीकी धारामें रुकावट डालना; *make ~* बिजलीका सम्बन्ध जोड़ना;

~ action, ~ agent, ~ bed, ~-breaker, ~ button, ~ catalysis, ~ cooling, ~ filter, ~ glasses, ~-maker, ~ poison, ~ process, ~ ring, ~ spring, ~ theory, ~ zone.

contactor n. आसंगी, संस्पर्शक, संयोजक, विद्युत्धारा-को बार-बार बनाने और तोड़नेका बटन ।

contactual a. आसंगिक, सांसर्गिक, साम्पर्किक, सांस्पर्शिक, सम्पर्कसम्बन्धी ।

contadino n. (*fem. -na*, pl. *-ni*) कृषक, खेती करनेवाला, किसान (इटलीमें) ।

contagion n. संक्रामक रोग, स्पर्शज रोग, महामारी, छूतका रोग, संस्पर्श रोग, स्पर्श-संचार, छूतकी बीमारी; संसर्ग; संक्रमण; स्पर्शज प्रभाव, छूत; (ला०) नैतिक भ्रष्टाचरण, भ्रष्टता ।

contagionist n. स्पर्शज रोग विचारक, संक्रामक रोग-का जानकार, स्पर्शज-रोग-चिकित्सक ।

contagious a. संवाहित, स्पर्शज (रोग); (ला०) सांक्रामिक, संक्रामक; सांसर्गिक, स्पर्शन (रोग), स्पर्श-जन्य (रोग), सांस्पर्शिक (रोग), स्पर्शसंचारी (रोग), सम्पर्कसे फैलनेवाला, छूतका (शा० एवं ला०) ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

contagiousness n. स्पर्शजन्यता, स्पर्शता, सम्पर्कता, छूत ।

contagium n. संस्पर्श रोग, छूतकी बीमारी; संक्रमणशील पदार्थ, संक्रामक पदार्थ; स्पर्श-संचार ।

contain v.t. अन्तर्धारण करना, में अन्तर्विष्ट करना या होना, समाविष्ट करना या होना, अन्तर्भूत करना, सम्मिलित करना, शामिल होना या करना; धारण करना, धरना, रखना, लेना (परितृप्तिके रूपमें); समान या समतोल होना, बराबर होना (*a pound ~s 16 ounces*);(रेखा०) हदबन्दी करना, आवृत करना, घेरना; (कर्म०) सीमाबद्ध होना, घिरा हुआ होना; पूरा विभाजन होना, पूरा बँटना (किसी संख्याका); संयत करना, दमन करना, निरोध करना, गति रोकना (*could not ~ himself for joy*); (सेना०) (शत्रुदलको) हिलने न देना, रोके रखना ।

containable a. धारणीय, अन्तर्भूत होने योग्य; वण्ट्य; दमनीय ।

contained a. अन्तर्विष्ट, सम्मिलित, शामिल ।

container n. आधान, धारक, पात्र, डिब्बा, पेटी, बोरा आदि ।

contaminate v.t. कलुषित करना, कलंकित करना, दूषित करना, भ्रष्ट करना, अपवित्र करना, मलिन करना, गन्दा करना, (मिलावट करके) बिगाड़ना, छूत फैलाना ।

contaminated a. दूषित, भ्रष्ट, मिलावटी, (*~ goods*) ।

contamination n. दूषण, भ्रष्टता, अशौच, अपवित्रता, मलिनता, मिलावट, खोट, घपला, गन्दगी; (साहित्यालोचनमें) दो कहानियों या दो नाटकोंका सम्मिश्रण ।

contaminative a. अपावन, भ्रष्ट करनेवाला, छूत फैलानेवाला ।

contango n. (pl. *~os*) अग्रेनयनभार, (मालके भुगतानकी अवधि बढ़ानेका) स्थगन-शुल्क, क्षतिपूर्ति, हर्जाना; *~-day* अग्रेनयन दिवस; नैरन्तर्य दिवस, भुगतानके दिनसे पूर्वका दिन ।

conte n. साहित्यिक कथा, आख्यायिका, उपाख्यान ।

contemn v.t. निकृष्ट समझना, कुत्सित समझना, हेय समझना, क्षुद्र समझना, नीच समझना, लघु समझना; घृणा करना, नफरतसे देखना; अवहेलना करना, अवज्ञा करना, अवमान करना, उपेक्षा करना, अनादर करना, तिरस्कार करना ।

contemner n. अवहेलक, उपेक्षा करनेवाला, तिरस्कार करनेवाला, अनादर करनेवाला, इत्यादि ।

contemper v.t. संयुक्त करना, मिश्रित करना, मिलाना, पानी मिलाना ।

contemplate v.t. & i. अपेक्षा करना, आशा करना, प्रतीक्षा करना, राह देखना, बाट जोहना; अवेक्षण करना, अवलोकन करना, अनुध्यान करना, विमर्श करना, मनन करना, चिन्तन करना, भलीभाँति सोचना, गौर करना; ध्याननिष्ठ होना, प्रगाढ़-चिन्ता करना, ध्यान लगाना, ध्यानपूर्वक विचारना; अनिमेषदृष्टि डालना, ताकमें रहना, घूरना, टकटकी लगाकर देखना; संकल्प करना, आकांक्षा करना, इच्छा रखना, इरादा करना ।

contemplated a. चिन्तित, अनुध्यात, संकल्पित; अवेक्षित, अपेक्षित ।

contemplation n. अनुध्यान, ध्यान, चिन्तन, विचारणा, विमर्श, गौर; अपेक्षा, प्रतीक्षा; संकल्प, आकांक्षा ।

contemplative a. ध्यानपरायण; ध्याननिष्ठ, ध्यानमग्न, ध्यानमें लीन, ध्यानवाला; समाधिस्थ; चिन्तनशील, विचारशील, विचारवान्; धार्मिक चिन्तन-मननमें मग्न, ज्ञानध्यानका (जीवन) ।

contemplativeness n. समाधिस्थता, ध्यानपरायणता, ध्यानमग्नता, ध्यानावस्था, विचारशीलता ।

contemplator n. विचारक, अवेक्षक, चिन्तन करनेवाला, गौर करनेवाला, इत्यादि (क्रियागत अर्थ) ।

contemporaneity, contemporaneousness nn. समसामयिकता, समकालिकता, समकालीनता ।

contemporaneous a. समसामयिक, समकालिक, समकालीन, युगपद्, एक ही काल या समयका ।

contemporariness n. समवयस्कता; समकालीनता; अस्तकालिकता, समसामयिकता ।

contemporary n. & a. समवयस्क; समकालीन (व्यक्ति); अस्तकालीन, समसामयिक या तत्कालीन (समाचार-पत्र) ।

contemporize v.t. समकालीन बनाना, समय (से) मिलाना, एककालका बनाना, समसामयिक बनाना ।

contempt n. अनादृत अवस्था, तिरस्कृत दशा; निन्दोक्ति, अपमान-वचन; अवज्ञा, उपेक्षा, अवमान, अपमान, मानहानि, तिरस्कार, अनादर, गर्हा, घृणा, नफ़रत; (कानून) अवमान, आज्ञोल्लघन, आज्ञाभंग (सम्राट्के वैधानिक आदेशों, संसद्की सत्ता या अन्य किसी वैधानिक दलका); *~ of court* न्यायालयका अवमान, न्यायाधीशका अपमान ।

contemptibility, contemptibleness nn. अवमान्यता, हेयता, अवज्ञा, उपेक्षणीयता; निन्दा, निन्द्यता, घृण्यता ।

contemptible a. अवमान्य, तुच्छ, हेय, अवज्ञा-योग्य, उपेक्षणीय, निन्द्य, घृण्य, घृणित, घृणा-योग्य; old *~s* सर जॉन फ्रेंचकी १९१४ की सेना ।

contemptuous a. हेय, अवज्ञासूचक, तिरस्कारयुक्त, घृणायुक्त, घृणासूचक, घृणापूर्ण, उपेक्षायुक्त, अनादरपूर्ण; धृष्ट, अवज्ञाकारी ।

contemptuousness n. हेयता, अवज्ञा, तिरस्कारपूर्णता, उपेक्षा, घृणापूर्णता; धृष्टता ।

contend v.t. & i. तर्क-वितर्क या वाग्युद्ध करना, विवाद करना, हठ करना, बहस करना, वादानुवाद करना, दलील करना; दृढ़तापूर्वक कहना (कि…), स्वमत रखना (कि…); प्रतिस्पर्धा करना, स्पर्द्धा करना, प्रतिद्वन्द्विता करना, संघर्ष करना; विरोध करना, होड़ लेना, मुकाबला करना प्रबल उद्योग करना, कठिन प्रयास करना, हाथ-पैर मारना, होड़ लगाना; कलह करना, लड़ना

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

झगड़ना ।

contendent n. विरोधी, स्पर्धी, झगड़नेवाला; वादी ।

contender n. कलहशील, झगड़ालू, लड़ाका ।

contending a. प्रबल उद्योग करता हुआ, प्रयास करता हुआ, हाथ-पाँव मारता हुआ (*~ing passions*) ।

content[1] n. विचार-तत्त्व, विचार या धारणाके अंगभूत मूलतत्त्व, अन्तर्वस्तुका परिमाण; (कला, ज्ञान, अनुभव आदिका) निष्कर्ष, सार, तत्त्व; अन्तर्वस्तु; (लेख्य, पुस्तक आदिकी) विषय-वस्तु; (पात्रका) विस्तार, जगह, समाई; (ठोस चीजका) घनफल; table of ~s तालिका, विषय-सूची ।

content[2] n. परितृप्ति, तृप्ति, सन्तुष्टि, तुष्टि, सन्तोषप्रद या तृप्त अवस्था, सन्तोष, प्रसन्नचित्तता ।

content[3] १. n. 'हाँ' वाले, किसी प्रस्तावके पक्षमें मत देनेवाले; २. a. सहमत, उद्यत, इच्छुक; परितृप्त, तृप्त, सन्तुष्ट, प्रसन्नचित्त; *he is the richest who is ~ with the least* सन्तोषी परम सुखी; *well ~* परितुष्ट, पूर्णतः सन्तुष्ट, अतिप्रसन्न ।

content[4] v.t. सन्तुष्ट करना, प्रसन्न करना; तृप्त करना, किसीकी माँग पूरी करना, खुश करना, रजामन्द करना; *~ oneself* परितृप्त होना, सन्तुष्ट होना, सन्तोष करना, निश्चिन्त रहना, प्रसन्न होना ।

contentation n. सन्तोष, सन्तुष्टि, परितृप्ति ।

contented a. सन्तुष्ट, परितृप्त ।

contentedness, contentment nn. सन्तुष्टि, तुष्टि, तृप्ति, सन्तोष, प्रसन्नता, रजामन्दी; निश्चिन्तता; समाधान; *contentment is better than wealth, contentment is happiness*, सन्तोषं परमं सुखम् ।

contention n. स्पर्द्धा, प्रतिद्वन्द्विता; संघर्ष-विषय, वाद, विवाद-ग्रस्त विषय, विवादकी वस्तु; वाक्-कलह, वाग्युद्ध, वाग्वितण्डा, प्रतिवाद, मतभेद, विवाद, तर्क-वितर्क, बहस; कलह; शत्रुता, वैर, लड़ाई, झगड़ा, टण्टा; bone of ~ विवादका विषय, विवादकी बात ।

contentious a. विवाद्य, विवादास्पद, विवादग्रस्त, विवादपूर्ण, कलहपूर्ण; विवाद-प्रिय, कलहप्रिय, झगड़ालू ।

contentiousness n. वैरभाव, विवादप्रियता, विवाद-पूर्णता, कलहप्रियता, झगड़ालूपन ।

contentless a. अपरितृप्त, असन्तुष्ट ।

contents n. अन्तर्वस्तु, विषय-वस्तु; विषय-सूची, विषय; मात्रा; आधेय ।

conterminal a. एकसीम, सामान्य सीमावाला, एक ही छोरवाला ।

conterminate a. =CONTERMINOUS.

conterminous a. समविस्तृत, सहविस्तारी (धरातल, समय, अर्थमें); समसीम, एकसीम, सामान्य सीमावाला, एक सीमावाला; सीमापर मिलनेवाला, (दो वस्तुएँ जिनके सिरे मिलते हों) ।

contest[1] n. प्रतियोगिता, द्वन्द्व, मुकाबला (मित्रवत्, अनुकूल, दोस्ताना); विवाद, वाग्युद्ध, विप्रलाप, विप्रतिपत्ति, वाद-विवाद, प्रतिवाद, बहस; कलह, लड़ाई, झगड़ा ।

contest[2] v.t. & i. प्रतिद्वन्द्विता करना, प्रतियोगिता करना, लड़ना, मुकाबला करना (संसद् आदिकी सदस्यताके लिए); वाग्वितण्डा खड़ा करना, प्रतिवाद करना, विवाद करना, मतभेद होना, झगड़ा करना, बहस करना, बहसना; कठिन प्रयास करना, होड़ लगाना; हाथापाई करना, लड़ाई करना, लड़ना, झगड़ा करना, झगड़ना, मुकाबला करना (हथियारोंसे); प्रबल उद्योग करना, हाथ-पैर मारना ।

contestable a. विवाद्य, विवाद-योग्य, प्रतिद्वन्द्विता या प्रतियोगिताके योग्य, लड़ने-झगड़ने लायक ।

contestant ⊙ n. प्रतिपक्षी, प्रतिद्वन्द्वी, प्रतियोगी, विवाद करनेवाला, लड़ाई या होड़ करनेवाला ।

contestation n. प्रतिस्पर्द्धिता, झगड़ेका कारण, झगड़ेकी बात; विवाद, तर्क-वितर्क, तकरार; *in ~* विवादग्रस्त, झगड़ेमें पड़ा ।

contested a. विवादास्पद, विवादग्रस्त; प्रतियोगिता-ग्रस्त, द्वन्द्वित ।

context n. प्रकरण, सन्दर्भ, प्रसंग, पूर्वापर सम्बन्ध; *in this ~* इस प्रसंगमें, इसी सिलसिलेमें ।

contextual a. प्रकरणसम्बन्धी, सन्दर्भागत, प्रसंगागत; पाठगत, पाठभेद-सम्बन्धी ।

contexture n. रचना-शैली, आधारभूत ढाँचा, ताना-बाना, बुनाई; निर्माण, गठन, बनावट; संस्थिति, स्थापन, विन्यास, रचना, ग्रन्थन ।

conticent a. चुप, शान्त, मौन ।

contignation n. काष्ठ-कृति, लकड़ीका ढाँचा; बनावटी बात, कहानी ।

contiguity n. (मनो०) किसी संस्करण या धारणा एवं लक्ष्यका सन्निधान, नैकट्य, सामीप्य; संसक्ति, सान्निध्य, सन्निकटता, समीपता; सन्निकर्ष, सन्निधि, संस्पर्शिता, संस्पर्श, सम्पर्क, संलग्नता ।

contiguous a. आसन्न, निकटस्थ, निकट, समीपस्थ, समीपवर्ती, निकटवर्ती, समीप; सन्निहित, संलग्न, संसक्त, संस्पर्शी, साथ लगा हुआ, लगा हुआ, छूता हुआ; पासका, पड़ोसका ।

contiguousness n. संसक्तता, संस्पर्शिता, आसन्नता, समीपता ।

continence, continency nn. मिताहारविहार, मिताचार, जितेन्द्रियत्व, वशित्व, आत्मसंयम, संयम, इन्द्रियनिग्रह, विशुद्धता, पवित्रता ।

continent[1] n. महावर्ष, महाद्वीप, द्वीप, टापू, प्रधान भूभाग, अविच्छिन्न भूमि; the ~ यूरोप, यूरोपका मुख्य भूभाग ।

continent[2] a. आत्मसंयमी, वशी, वश्य, साधु, संयमी, इन्द्रियनिग्रही, अनुग्र, जितेन्द्रिय, शान्त; निवृत्तकामी, पवित्र, विशुद्ध ।

continental १. n. महाद्वीप निवासी; पहलेका करेंसी नोट ⊙ (*I do'nt care a ~*); २. a. महाद्वीपीय, महाद्वीप-सम्बन्धी; *~ drift* (भूगर्भ०) महाद्वीपीय अपवहन, टापुओंका कल्पित खिसकाव ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

continentalism n. महाद्वीपवाद, अपने द्वीपका पक्षपात या समर्थन।

continentalist n. महाद्वीपवादी, अपने द्वीपका पक्षपाती या समर्थक।

continentalize v.t. महाद्वीपका बनाना।

contingence a. संस्पर्श; = CONTINGENCY.

contingency n. आपतित घटना, आनुषंगिक अथवा नैमित्तिक व्यय आदि; सम्भाव्य घटना, संयोगिक घटना, आगन्तुक संघटन; सम्भाव्यता, सम्भावना, संदिग्धता, आकस्मिकता, अनियमितता; अकस्मात् संघटन, संयोग, अनिश्चितता; दैव संघटना, आकस्मिक घटना, अनिश्चित घटना; योगायोग, दैवयोग, दैववश;

~ accounts, ~ expenses, ~ fund, ~ reserve, ~ reserve fund.

contingent १. n. सैन्यदल, सेनादल, सेनाकी टुकड़ी आदि (या ला०) २. a. आपातिक *(~ expenses)*, आपतित, नैमित्तिक, आनुषंगिक, होने योग्य; संदिग्ध; सम्भाव्य, घटनापेक्ष, अनिश्चित, घटनाका; संयोगिक, आकस्मिक, अचानक; सप्रतिबन्ध, सापेक्ष, सनियम, शर्तिया *(~ bequest)*; असार-भूत, निःसार, निरर्थक, प्रासंगिक, अनावश्यक।

continuable a. अवलम्बनीय, अवस्थायी, स्थिति-योग्य, ठहराने योग्य, चलाये रखने लायक।

continual a. सनातन, अनवरत, सन्तत, अविरत, अविराम; अश्रान्त, नित्य, निरन्तर, सतत, अविच्छिन्न, लगातार, जारी।

continuance n. प्रसक्ति, अनुबन्ध, प्रतिबन्ध, अवस्थिति, स्थिति, आधार, सहारा; सातत्य, अविच्छेद, अविराम, नैरन्तर्य, नित्यता; (कानून) संस्थगन; कालावधि; *of long ~* अविच्छेद, शाश्वत, सनातन, स्थायी, टिकाऊ।

continuant n. (व्या०) प्रवाही, दीर्घोच्चारणीय व्यंजन।

continuate a. अक्षुण्ण, अविच्छिन्न; अविभक्त, अव्यवहित; संग्रथित; अविरत, सतत, निरन्तर।

continuation n. सातत्य, अनुवर्तन, अनुवृत्ति, अविच्छेद, नैरन्तर्य; प्रसक्ति, (किसी पुस्तक, कृत्य, कथा आदिका) पुनरारम्भ, पुनर्ग्रहण; अनुबन्ध, क्रम, अग्रभाग; (वाणिज्यमें) गणना, हिसाब आदिका नैरन्तर्य (अगले दिनके लिए), खाताचलाई, पिछली गणनाका नये खातेमें जोड़; (ग्रा०) पायजामा; पैर ढाँकनेकी पट्टी, चमड़े आदिका फीता; ~ school अवकाशविद्यालय (जिसमें ऐसे व्यक्तियोंको अवकाशके समय पढ़ाया जाता है जो प्राथमिक एवं अन्य स्कूलोंसे निवृत्त हुए हों); ~ sheet अनुवृत्ति-पत्र।

continuative a. नैरन्तर्यशील, सन्तत, सतत, निरन्तर, अविच्छिन्न, लगातार, जारी।

continuator n. कृतिसाधक, निर्वाहक, दूसरेकी लिखी किसी अपूर्ण पुस्तकको समाप्त करनेवाला।

continue v.t. & i. शाश्वत रहना, निरन्तर रहना, बन्द न होना; अनुवर्तन करना या होना, निर्वाह करना या होना, जारी रखना या होना, कायम रखना या होना; पुनर्ग्रहण करना, पुनरारम्भ करना, दुबारा शुरू करना (विवरण, कथा आदि); रखना, रोक रखना; अवलम्ब होना, आधार बनना, ठहराना, रोकना, रुकना, (किसी अवस्था या स्थानमें) स्थायी होना, ठहरना, टिकाऊ रहना; (कानून) स्थगित करना या होना, (अदालतका) निर्णयन करना; *if you ~ obstinate* यदि तुम अब भी हठी बने रहे।

continued a. सन्तत, अनुवृत्त, सतत, निरन्तर, लगातार *(~ absence, proportion)*; प्रवृत्त, चालू; उत्तरानुबद्ध, पूर्वानुबद्ध।

continuer n. आगे चलनेवाला, जारी रखनेवाला।

continuing a. सन्तत, अविरत, अविरामी, जारी *(~ act, member)*।

continuity n. सान्तत्य, सातत्य, नैरन्तर्य, निरन्तरता, अनुबन्धता, अविच्छेदता, अविच्छिन्नता, अविरामता; (चलचि०) दृश्यावली; law of ~ अनुबन्ध-विधान (यह सिद्धान्त कि प्रकृतिके समस्त परिवर्तन क्रमसे होते हैं, अचानक एवं आकस्मिक नहीं)।

continuous a. निर्विघ्न, अबाध्य, अभंग; सतत, सन्तत, अप्रतिहत, अश्रान्त, अबाधित, अभग्न, अविराम, निरन्तर, लगातार *(~ crime, possession)*; ~ brake रेलकी सन्तत ब्रेक, रेलगाड़ियोंको ठहरानेका यन्त्र (जिससे एक ही समय सब गाड़ियोंके ब्रेक लगाये जा सकते हैं); ~ style लगातार मेहराबी बनावट; ~ voyage सन्तत जलयात्रा, विराट् जलयात्रा।

continuously adv. सन्तत, सदा, सर्वदा, निरन्तर, लगातार।

continuousness n. सातत्य, अप्रतिहतता, निरन्तरता, निर्विघ्नता, अविच्छिन्नता, अभग्नता।

continuum n. (द० शा०) (पदार्थ, भाव, घटना आदिका) सातत्य, अखण्ड गति, अविच्छिन्नता, अटूट क्रम।

cont-line n. रस्सोंके बीचकी जगह।

conto n. ब्राजील तथा पुर्तगालकी एक मुद्रा इकाई = ३००० रुपया।

contorniate n. कटावदार उत्कीर्ण मुद्रा, वह सिक्का जिसके किनारेपर चारों ओर खुदाई हो।

contort v.t. आकुंचित करना, वक्रीकृत करना, विकृत करना, बल देना, टेढ़ा करना, तोड़-मरोड़ डालना, भाँजना, टेढ़ा करना, ऐंठना, मरोड़ना।

contorted a. (भूगर्भ०) न्युब्जेष्टित, विकृत, मोड़ा हुआ।

contortion n. वैरूप्य, विकृति, विकृत रूप; आकुंचन, ऐंठन, भाँज, बल, मरोड़।

contortionist n. विकृतिकार, आकुंचक; मदारी, ऐंठनबाज (कलाकार या पहलवान)।

contour १. n. परिधिरेखा (पर्वत, समुद्र, तट आदिकी); परिरेखा, बाह्य सीमा, बाह्य रेखा; रेखाचित्रका कला-सम्बन्धी गुण, रूप, आकार; रूपरेखा, चित्ररेखा, खाका, कण्टूर; २. v.t. बाह्य रेखा अंकित करना, रेखा-चित्र बनाना, खाका खींचना; पहाड़ीके गिर्द परिधि-रेखा निकालना;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ feathers, ~ intervals, ~ line, ~ map, ~ ploughing, ~ ridging scheme, ~ surface, ~ trenches, ~ value.

contoured a. समोच्चरेखित (~ *area, map*)।

contra n. & prep. प्रतिकूल, विपरीत, प्रति-, विपक्षमें, के विरुद्ध।

contraband १. n. प्रतिषिद्ध पण्य, निषिद्ध या चौर्यानीत वस्तुएँ, वर्जित माल, प्रतिषिद्ध वाणिज्य, विनिषिद्ध व्यापार, नियमविरुद्ध व्यापार, गुप्त लेन-देन, चोरीका माल; २. a. प्रतिबाधित, वर्जित, प्रतिषिद्ध, निषिद्ध, अवैध, विधिविरुद्ध;

~ articles, ~ control, ~ drug, ~ goods, ~ parcel, ~ salt, ~ trade, ~ transaction.

contrabandist n. प्रतिषिद्ध वणिक्, चोर-व्यापारी, महसूल-चोर।

contrabass n. (संगीत) मन्द्रतार, एक प्रकारका बाजा।

contraception n. गर्भ-निरोध, गर्भ-रोध, गर्भका अवरोध।

contraceptive n. & a. गर्भावरोधी, गर्भरोधक, गर्भ-निरोधक (उपाय)।

contract[1] n. प्रसंविदा, सन्धि, इकरारनामा; (विवाह अथवा सगाईके लिए) वचनबद्धता, वाङ्निश्चय; व्यापारिक नियमपत्र, बन्धपत्र, निश्चित मूल्यपर सामग्रीकी खपत या किसी कामको पूरा करनेका अनुबन्ध-पत्र; परिसंविद्, संविदा, अनुबन्ध, पणबन्ध, नियमपत्र, पट्टा, ठेका, ठहराव, इकरार, सट्टा; सम्पत्तिका हस्तान्तर-पत्र; (ताशका खेल) हस्तकौशल एवं टेव, कुटेवका कार्य; ~ bridge (AUCTION ~ से भिन्न) ताशके 'ब्रिज' खेलका एक विशेष प्रकार; ~ of marriage वाङ्निश्चय करना, विवाह-संविदा, वाग्दान, सगाई;

~ account, ~ agency, ~ agreement, ~ agreement form, ~ allowance, ~ area, ~-book, ~ carriage, ~ carriage permit, ~ certificate, ~ contingencies, ~ contingent bill, ~ cost, ~ deed, ~ labour, ~ note, ~ officer, ~ price, ~ rate, ~ rent, ~ rule, ~ statement, ~ supply, ~ supply system.

contract[2] v.t. & i. संविदा करना, अनुबन्ध-पत्र लिखना, पट्टा लिखना, ठेका देना या लेना, इकरारनामा लिखना, इकरार करना (कोई काम करनेके लिए); ऋणग्रस्त होना, ऋण लेना, रुपया उधार लेना, कर्ज लेना; संकुचन करना, संकोचन करना, संकुचित करना, संक्षेपण करना, सिकोड़ना, आकुंचित होना, सम्पीडित होना, लघुतर होना, छोटा करना या होना, सिकुड़ जाना, सिकुड़ना; कम करना; बल डालना, चढ़ाना, ऐंठना, मरोड़ना (शरीरके अवयव आदिको); सीमाबद्ध होना, सीमाबद्ध करना, सीमाके भीतर रखना, बन्द या तंग करना; रोगग्रस्त होना; (व्या०) (शब्दोंको) स्वर-लोप या सन्धिसे संक्षिप्त एवं कम (लघु) करना; ~ one*self out of* (अनुबन्ध-पत्र) से मुक्ति पाना, छुटकारा एवं रिहाई पाना।

contracted a. संकोचित, संकुचित, संक्षिप्त; (कानून) संवेदित, ठेकेका (~ *purchases*)।

contractedness n. संकुचितत्व, संक्षिप्तता; संवेदितता।

contractee n. संविदी, जिससे ठेका लिया हो।

contractibility n. सकीर्णता, संक्षेपण, सिकुड़न।

contractible a. संक्षेपणीय, लघु होने योग्य, सिकुड़ने योग्य।

contractile a. आकुंचनीय, संकोचनशील, संकोची, सिकुड़नेवाला (~ *muscles, root*)।

contractility n. संकोचिता, संकोचनशीलता।

contracting a. संविदाकारी, ठेका करनेवाला (~ *party*)।

contraction n. संकुचन (~ *theory*), संकोचन, आकुंचन, संकोच, सिकुड़न; अवरोध, सीमाबद्धता, सीमाबन्धन, बन्दिश; संक्षेपित शब्द, लघूकृत शब्द; शब्दोंका संक्षेपण या संक्षेपीकरण या लघूकरण (लोप या सन्धि द्वारा); संविदाकरण, ठेका करना; ऋणग्रस्तता, ऋण-भार; संकीर्णता (शिष्टाचार आदिकी); संहृति।

contractional a. संकोचीय।

contractive a. संकोचनशील, संकोची, सिकोड़नेवाला।

contractor n. संकोचक पेशी या सिकुड़नेवाला पुट्ठा; अनुबन्धी, संविदाकार, ठेकेदार।

contractual a. संविदात्मक, अनुबन्ध-सम्बन्धी, ठेका-सम्बन्धी; ऐंठनेका।

contra-dance n. प्रतिमुखी नृत्य, समक्ष-नृत्य, ग्राम्य नाच, लोक-नृत्य।

contradict v.t. विरोधोक्ति कहना, प्रतिवाद करना, विरुद्ध होना, विपरीत होना, प्रतिकूल होना; विपक्षमें बोलना या होना, विरोधी होना (*these rumours ~ each other*); (व्यक्तिके शब्दोंका) खण्डन करना, निषेध करना, न मानना; (किसी दिये गये वक्तव्यको) अस्वीकार करना, मिथ्या बताना, रद्द करना।

contradictable a. खण्डनीय, निषेध-योग्य।

contradicted a. खण्डित, निषिद्ध, परोक्त, प्रत्युक्त।

contradiction n. परावाक्, परावचन; प्रत्याख्यान, विपरीत वक्तव्य, वचन-विरोध, अन्तर्विरोध, विपक्षता, प्रतिकूलता, विपरीतता; प्रतिषेध, प्रतिवाद, निराकरण, खण्डन, इन्कार; विपर्यय, विसंवाद, असंगति, अनैक्य; ~ *in terms* शाब्दिक विरोध, शब्द-विरोध, वचन-विरोध (*'almost quite ready' is a ~ in terms*)।

contradictious a. विवादग्रस्त, विवाद-प्रिय, खण्डनशील, प्रतिवादकी ओर प्रवृत्त।

contradictiousness n. विवादग्रस्तता, विवादप्रियता, खण्डनशीलता, वचन-विरोधिता।

contradictive a. परावाचक, विसंवादी, व्याघाती, अन्तर्विरोधी, परस्पर विरुद्ध, असंगत।

contradictor n. प्रतिवाचक, परावाचक, विरोधक,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

२८५ Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri .Funding:IKS

खण्डनकर्त्ता, प्रतिवाद करनेवाला।

contradictoriness n. खण्डनात्मकता, असंगतता, वैपरीत्य, परस्पर विरुद्धता।

contradictory १. n. विवादग्रस्त विषय, असंगत वक्तव्य, तरदीदी बयान; २. a. विसंवादी, व्याघाती, खण्डनात्मक, अन्तर्विरोधी, परस्पर विरुद्ध, असंगत, परस्पर विरोधी, उलटा, मेल न खानेवाला।

contradistinction n. विभिन्नता, विभेद, विभेदके कारण अन्तर।

contradistinctive a. विभेदभिन्न, विरोधी गुणोंके कारण अलग।

contradistinguish v.t. पार्थक्य दिखाना, गुण-दोषके विचारसे पृथक् करना, अलग कर लेना, अलगाना (तुलनात्मक दृष्टिसे); पहचानना।

contra-entry n. प्रतिप्रविष्टि, उलटा या जवाबी इन्दराज।

contrahent a. संविदाकारी; वचनबद्ध (व्यक्ति), संश्रावबद्ध, प्रतिश्रुत, करार करनेवाला।

contra-indicant n. (जलचिकित्सा०) प्रति देशी, (निदान) विरोधी।

contra-indicate v.t. (जलचिकित्सा०) प्रतिदिष्ट करना, भिन्न उपचार संकेतित करना।

contra-indication n. प्रतिदेश, भिन्न उपचार सूचित करनेकी क्रिया।

contralateral a. (चिकि०) विषमस्थ, प्रतिपक्षमें स्थित।

contralto n. & a. (pl. *~os*) मध्यम गानेवाली; मध्यम स्वर, मध्यम सुरका गीत।

contrapose v.t. परास्थापना करना, विपरीत स्थितिमें रखना, प्रतिकूल अवस्थामें रखना।

contraposition n. (तर्क०) रूपान्तरका ढंग, परिवर्तनका प्रकार; परास्थापन; वैषम्य, विषमता, विरोध, विपरीत भाव, विपरीत स्थिति, भेदभाव।

contrapositive a. विषम, वैपरीत्यमूलक, भेदपूर्ण; परास्थापी।

contraprop n. समाक्ष; प्रतिधुरी, उलटा पेंच।

contraption n. (ग्रा०) अद्भुत यन्त्र, अनोखा या निराला यन्त्र, कामचलाऊ मशीन अथवा उपाय।

contrapuntal a. आनुषंगिक सुर-सम्बन्धी, गमकी, गमककी तान देनेवाला; दे० COUNTERPOINT.

contrapuntist n. गमकसंगीतज्ञ, गमकविशेषज्ञ।

contrariant a. प्रतिकूल, विपरीत, विरोधी, उलटा।

contrariety n. असंगति, विवाद, विरोध, भिन्न मत, भेद; व्यतिक्रम, विपर्यय, वैपरीत्य, विपक्षता, प्रतिरोध, प्रतिकूलता।

contrariness n. असंगति; अनैक्य, विरोध, विपर्यय, वैपरीत्य।

contrarious a. विरुद्ध (वस्तुएँ); (प्रा०) प्रतिकूल, विपरीत, विरोधी, उलटा; दुर्दम, दुष्ट, हठी, ढीठ, चिड़चिड़ा, जिद्दी।

contrariwise adv. इसके प्रतिकूल, इसके विपक्षमें, इसके विपरीत, दूसरी ओर; हठपूर्वक, दुर्दमतासे।

contrary १. n. प्रतिकूलता, विपरीतता; विपरीतगुण-विशिष्ट पदार्थ; २. a. अनुपयुक्त; अनुपकारी; प्रतीप, प्रतिकूल (*~ practice*), विपरीत, विरुद्ध, असंगत, विरोधी (*~ term*); प्रतिवात, विघ्नकारी, रुकावटी (प्रवहमान वायु); प्रतिकूल, उलटी (वस्तुएँ); दुर्दम, झक्की, चिड़चिड़ा, हठी, जिद्दी; *interpret by ~ies* 'हाँ' की जगह 'नहीं' समझना, उलटा समझना; *on the ~* प्रत्युत, बल्कि, परन्तु, इसके विपरीत, (*on the ~ I have only just begun*); *~ to law* विधिविरुद्ध, कानूनके प्रतिकूल; *to the ~* विपरीततया, विपरीत भावसे, उलटे (*there is no evidence to the ~*); *~ to usage* आचार-विरुद्ध।

contrast[1] n. वैषम्य या विपरीत प्रदर्शन; भिन्न वस्तु; व्यतिरेक, वर्ण-विपर्यास; प्रतिकूलता, विपरीतता, विरोध, विभिन्नता, भेद-विशेष, अन्तर; आमना-सामना, मुकाबला।

contrast[2] v.t. & i. परस्पर विपर्यय दिखाना, वैषम्य प्रदर्शित करना, व्यतिरेक होना, विपरीत होना, भिन्न होना, विरोधमें लाना, बतलाना, भेद दिखलाना, मिलान करना या होना, आमने-सामने लेना, मुकाबलेपर जाँचना, मुकाबला करना।

contrasted a. कृतव्यतिरेक, भिन्न।

contrasting a. व्यतिरेचक, व्यतिरेकी, विषम।

contrastive a. व्यतिरेकी, विपर्यासी, विरोधात्मक।

contrasty a. विपरीत, विरोधी, विषम, भिन्न।

contrate a. बड़े बलके दाँतवाली (पहिया), समानान्तरारीय, (जिस पहियेके आरे समकोण ९०° बनाते हों)।

contra-tenor n. (संगीत) उच्चतम स्वर।

contravallation n. घेराबन्दी, किलेबन्दी, नगर या दुर्गको दुर्गम बनानेके लिए उसके चारों ओर खोदी जानेवाली खाईं।

contravariant a. प्रतिचल, उलटी चालवाला।

contravene v.t. (वक्तव्य या बयानका) प्रतिवाद करना, खण्डन करना, मतभेद होना; (कानूनका) अतिक्रमण करना, उल्लंघन करना, भंग करना, तोड़ना; व्याघात होना, भिन्नता होना; प्रतिकूल आचरण करना, प्रतिकूल जाना, बाधा पहुँचाना, प्रतिरोध करना, विरोध करना, विवाद करना, टकरा जाना, टोकना, झगड़ना, झगड़ा करना।

contravening a. परस्परविरोधी (*~ equity*)।

contravention n. व्यतिक्रम, प्रतिरोध, विरोध, प्रतिकूलता, उल्लंघन, भंग।

contrayerva n. प्रतिमूलिका, कुछ खास किस्मके पौधोंकी जड़का (अमेरिकामें ओषधिके लिए) प्रयोग।

contredanse n. = CONTRA-DANCE.

contretemps n. संकट, असम्भावित दुर्घटना।

contributable a. अंशदेय, अंशदानार्ह, अंशदानपर निर्भर, अंश दानके रूपमें देय।

contribute v.t. & i. घटित होनेमें सहायक होना, करवाना; प्रदान करना, देना (लेख आदि); योगदान करना, अंशदान देना, किसी काममें या व्ययमें भागी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

होना, साझी होना; चन्दा देना।

contributed a. अंशदत्त, प्रदत्त।

contribution n. प्रदत्त वस्तु, देन, सहायता; प्रदत्त साहित्यिक लेख; अंशदान, दान, चन्दा; सेनाके लिए चन्दा, जज़िया, जंगी महसूल; *lay under* ~ चन्दा लगाना।

contributional, contributive aa. अंशदायी (~ *works*); आनुकूल्यविषयक; साहाय्यकारी।

contributor n. अंशदाता, सहायक, चन्दा देनेवाला; करदाता।

contributory १. n. किसी कम्पनीके टूट जानेपर उसके ऋण चुकानेवाला व्यक्ति; २. a. अंशदायी (~ *pension*), अंशदानकारी; सहायक (~ *causes*), सहकारी; ~ negligence सहायक प्रमाद, घायल व्यक्तिकी अपनी ही लापरवाही (जो दुर्घटना करानेमें सहायक हुई हो)।

contrite a. अनुतप्त, अनुतापकारी, ग्लान, खिन्न, लज्जित, ग्लानिपूर्ण, पश्चात्तापी, प्रायश्चित्त करनेवाला, पछतानेवाला।

contriteness, contrition nn. अनुताप, अनुशोक, पश्चात्ताप, ग्लानि, पछतावा।

contriturate v.t. प्रचूर्णन करना, चूर-चूर करना।

contrivable a. प्रकल्प्य, आविष्कार-योग्य, निर्माण-योग्य; उपाय-साध्य।

contrivance n. प्रकल्पन, प्रकल्पना, कल्पना, आविष्कार, रचना, बनावट; कपट-योजना, धूर्तकृत्य, शठतापूर्ण कार्य; कूटयुक्ति, उपाय, साधन, उपायचिन्तन, योजना; हीला-हवाला, बहाना; कौशल, शिल्प; समझ, समाई।

contrive v.t. प्रकल्पन करना, योजना करना, आविष्कार करना, उपाय निकालना, रचना करना, बना लेना, सोच निकालना; बना डालना, घटित करना या होना, अपनी इच्छाके अनुकूल कर लेना, चलाना, घुमाना (~ *to make matters worse*); घरका प्रबन्ध करना, घरका काम चलाना; षड्यन्त्र करना।

contriver n. आविष्कारक, प्रकल्पक, उपाय-चिन्तक।

control*[1] n. अंकुश, नियन्त्रण*, निग्रह, निरोध, आत्म-संयम, संयम, दमन, वशीकरण; निर्देशन, शासन, निर्बन्ध, काबू, रोकथाम; निरोधसाधन, निग्रह-साधन, संयमके उपाय; औपम्यस्तर, माप, तुलनाकी कसौटी; (आध्या०) तान्त्रिक, ओझा; नियन्त्रक, वायुयानके गतिवेग तथा मोड़ने आदिमें साहाय्यप्रद पुर्जे; सड़कका कोई भाग (जहाँ मोटर आदिको विशिष्ट निर्देशोंका पालन करना पड़ता है); मोटर-अड्डा, हवाई-अड्डा, मोटर-स्टेशन; birth ~ सन्तति-निरोध;

~ account, ~ book, ~ equipment, ~ form, ~ group, ~ map, ~ method, ~ office, ~ order, ~ panel, ~ panel operator, ~ phone message, ~ records, ~ room, ~ scheme, ~ section, ~ switch gear, ~ valve.

control[2] v.t. आत्मसंयम करना, संयम करना, निग्रह करना, निरोध करना; दमन करना, रोकथाम करना, रोकना; प्रभुत्व स्थापित करना, शासन करना, वशमें करना, अधिकारमें रखना, जीतना, काबूमें लाना; नियन्त्रण करना, नियमका विधान करना, व्यवस्थित करना, क्रममें रखना; दृढ़ीकरण करना, अवरोध करना, दबाना, अटकाना।

controllable a. नियन्त्रणीय, नियन्त्रण-योग्य, शासनीय, दमनीय, व्यवस्थित करने योग्य, वशमें करने योग्य, काबूमें रखने लायक।

controlled a. नियन्त्रित, निग्रहीत (~ *area, article*)।

controller n. नियन्ता, नियन्त्रक, शासक आदि (क्रियागत अर्थोंमें); वित्त-नियन्त्रक, मुद्राध्यक्ष, आय-व्यय-निरीक्षक, हिसाब-किताबका प्रधानाधिकारी (या जाँच करनेवाला)।

controllership n. नियन्त्रकता, मुद्राध्यक्षता, नियन्त्रक-का पद।

controlling १. n. नियन्त्रण; २. a. नियन्त्रक, नियन्त्रण-सम्बन्धी (~ *authority*)।

controlment n. नियन्त्रण, संयम, शासन, प्रतिरोध, निरोध, दमन।

controversial a. प्रतिवादास्पद, विवादास्पद, विवाद-ग्रस्त, विवादमय, वाग्वितण्डायुक्त, वितर्क-सम्बन्धी, विवाद-सम्बन्धी, विवादपूर्ण (~ *debate, subject*)।

controversialism n. विवादभाव, विप्रतिपत्तिवाद, वितर्कवाद।

controversialist n. वाग्वितण्डी, विप्रतिपत्तिवादी, विवादी, झगड़ालू; तार्किक, वितर्कवादी।

controversion n. विप्रतिपादन, विवाद, निषेध, प्रति-वाद, प्रतिवर्तन, उलटी चाल।

controversy n. शास्त्रार्थ, विप्रतिपत्ति, वाग्युद्ध, वितर्क, वाद-प्रतिवाद, वाद-विवाद, तर्क-वितर्क, वादानुवाद, प्रतिवाद, विवाद, विरोध, चर्चा, बहस, झगड़ा; beyond ~ निर्विवाद, निःसन्देह, निश्चित, अवश्य, जरूर।

controvert v.t. वाग्वितण्डा खड़ा करना, विप्रतिपादन करना, वादानुवाद करना, प्रतिवाद करना, वाद-विवाद करना; तर्क-वितर्क करना, खण्डन करना, आपत्ति करना, अस्वीकार करना, विरोध करना, न मानना, इन्कार करना; पर्यालोचन करना, विचार-विमर्श करना।

controverter n. प्रतिवादी, निषेधक, विवादी व्यक्ति।

controvertible a. विप्रतिपाद्य, विवादग्रस्त, विवाद्य।

controvertist n. नैयायिक, वाग्वितण्डी, तार्किक, वितर्की, प्रतिवादी, विवादी, विरोधी।

contumacious a. दुराग्रही, हठी, उद्धत, दुर्विनीत, दुःशील, धृष्ट, कटुभाषी; आज्ञा उल्लंघन करनेवाला (~ *holder*)।

contumaciousness, contumacy nn. दुराग्रह, दुर्विनीतता, दुःशीलता, हठ, हठधर्मी, धृष्टता, कटुभाषिता,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

औद्धत्य, उजड्डपन, अँकड़सेठी।

contumelious a. उद्धत, गर्वित, असभ्य या विद्रूपात्मक, अवज्ञाकारी, धृष्ट, हठी, ढीठ; निन्दक, निन्दात्मक, अपमानसूचक।

contumeliousness n. औद्धत्य, विद्रूपात्मकता, अवज्ञाकारिता, धृष्टता, ढिठाई, हठीपन; निन्दात्मकता।

contumely n. अवमानना, अवमान, अपमान, अपयश, तिरस्कार; औद्धत्य, अवज्ञा, धृष्टता, निष्ठुरता, बेहूदगी; कटु व्यवहार; उत्सेक, पारुष्य; परुष वचन, भर्त्सनापूर्ण शब्द, कटु शब्द, निष्ठुर वचन।

contuse v.t. मर्दन करना, अवमन्थन करना, चुटीला करना, मुक्का लगाना, गुप्त या भीतरी मार मारना, पीटना, चूरा करना।

contused a. घृष्ट, मर्दित (~ *wound*)।

contusion n. घृष्टव्रण, मर्दन, अवमन्थन, भीतरी चोट या मार।

conundrum n. प्रहेलिका, पहेली; समस्या, कूट प्रश्न, कठिन प्रश्न।

conurbation n. उपनगरोंके सहित कोई नगर।

convalesce v. i. निरामय होना, नीरुज होना, बीतरोग होना, रोगका उपशमन होना, पुनः स्वस्थ होना, तन्दुरुस्त होना।

convalescence n. उल्लाघ, बीतरोगिता, नीरुजता, रोगशान्ति, स्वास्थ्यलाभ, स्वास्थ्य।

convalescent n. & a. निरामय, नीरुज, बीतरोग, स्वास्थ्योन्मुख, पुनस्स्वस्थ (व्यक्ति); ~ home उल्लाघगृह, स्वास्थ्यलाभ-भवन।

convallaria n. दरी-नलिनी, द्रोणी-कमलिनी, पहाड़की घाटीमें उगनेवाली पद्मिनी।

convect v.t. न्युद्वहन करना, संवाहित करना।

convection n. न्युद्वहन, विद्युत्-संवाहन, उष्णता एवं बिजलीकी शक्तिका एक स्थानसे दूसरे स्थानको संवाहन।

convective a. प्रसंवाही, विद्युत्-संवाहन-सम्बन्धी (~ *discharge*)।

convector n. प्रसंवाहक, विद्युच्चालक।

convenable a. आमन्त्रित करने योग्य, बुलाने योग्य।

convenance n. पारस्परिक व्यवहार, शिष्टाचार।

convene v.t. & i. समाहान करना, आह्वान करना, संयोजित करना, (सभा आदि) आयोजित करना, आमन्त्रित करना, सभा बुलाना; (न्यायाधिकरणके सामने व्यक्तिको) बुलाना, पुकारना, सम्मन जारी करना; समवेत होना, एकत्र करना या होना, इकट्ठा करना या होना।

convened a. समाहूत, बुलाया गया; आयोजित (~ *under the auspices of*)।

convener n. आमन्त्रक, समाह्वायक; संयोजक, आयोजक।

convenience n. सुविधा, व्यक्तिगत सुख, आराम, सहूलियत (*at your* ~); सौकर्य, सुकरता; भौतिक लाभ (*marriage of* ~); दैहिक-सुख, भौतिक सुख, सांसारिक सन्तोष; लाभदायक प्रयोग, उपयोगी वस्तु, यन्त्र; शौचकूप, परनाला, नावदान; (प्रा०) शकट, वाहन, रथ, गाड़ी; *make a* ~ *of one* किसीकी सहृदयता या अज्ञानतासे लाभ उठाना।

conveniency n. दे० CONVENIENCE.

convenient a. सुखकर, सुखदायक, आरामदेह (*if it is* ~ *to you*); उपयुक्त, अनुकूल, सुखकारक, सुकर, सुविध, सुखसाध्य, सुविधाजनक, (~ *arrangement*, ~ *spot*), सुविधाजन, सुविधायुक्त।

convent n. धार्मिक समुदाय, ईसाई संन्यासियोंका समुदाय; खीष्टीय मठ या धर्मशाला, विहार, शिक्षालय।

conventicle n. (इति०) उपासना-समिति, गुप्त धार्मिक सभा, गूढ़ धार्मिक सभा, गुप्त बैठक, (गुप्त धार्मिक) समाज; (गुप्त धार्मिक सभाका) विहार, समाज-भवन।

conventicler n. गुप्त सभाओंमें प्रायः जानेवाला।

convention n. अभिसमय, अनुबन्ध, इकरारनामा; लोकसमिति, समागम, सम्मेलन, प्रसभा, सभा, जमघट ⊙; औपचारिक सभा, संसद्; विनोद, खेल, तमाशा आदिकी स्वीकृत पद्धति, ढंग; परिपाटी, गतानुगति, परम्परा, निरूढ़ि, रूढ़ि, प्रथा, रीति, रिवाज, चलन, दस्तूर, रसम; समाम्नाय; लोकसम्मति, सामान्य सम्मति, अनुमति।

conventionist n. संयोजक; रूढ़िवादी।

conventional a. (कला०) परम्परागत, गतानुगतिक, रीत्यनुसार, परिपाटीबद्ध; स्थिरीकृत; अनुकृत, कृत्रिम, अप्राकृतिक, अस्वाभाविक; निरूढ़, रूढ़िगत, रूढ़, लौकिक, प्रचलित, व्यवहार-सिद्ध, प्रथानुसारी, रिवाजी, रसी (~ *economics*); (बम) परिणामोत्तर।

conventionalism n. रूढ़िवाद, रूढ़ि, आचार-विधि; प्रचलित भाषा-रूढ़ि।

conventionalist n. रूढ़िवादी, परम्परावादी।

conventionality n. कुलधर्मिता, सामाजिक आचार-व्यवहार-पालन; रूढ़िवादिता, कृत्रिमता, लौकिकता; परम्परा-पोषण, परिपाटीबद्धता।

conventionalize v.t. रीत्यनुसार करना, परिपाटीबद्ध करना, प्रथानुसार चलाना, रिवाज बनाना, रसमी कर देना।

conventionary n. & a. रूढ़ अनुबन्ध, रिवाजी ठीका; ठीकेपर काम करनेवाला (काश्तकार), रिवाजी (किरायेदार)।

conventual n. & a. फ्रांसिसकनकी उस संस्था एवं शाखाका सदस्य (जो नियम-निष्ठतामें कम कठोर थी); (ईसाई) धर्मशाला या मठसे सम्बन्धित, मठका सदस्य, विहारका (सदस्य)।

converge v.t. & i. केन्द्राभिगमन करना, समवाय होना, सन्निपात करना, एकस्थ करना, झुकाना, झुकना, मिलना; अभिसरण करना, उपसरण करना, (रेखाओंका एक बिन्दुके अभिमुख) संसृत होना, एक केन्द्रमें मिलना, एकस्थ होना, जुड़ना, (एक ही बिन्दुकी ओर) (ला० भी); (गणित शा०) अभिसृत होना, श्रेणियों (जिनके पद अनिश्चित हों)का निगत-सीमाकी ओर संसृत होना।

converged a. एकस्थ, उपसारी (~ *evolution*)।

convergence, convergency nn. समवाय,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

संसरण, अभिसरण, उपसरण, उपसार, केन्द्राभिसरण, अभिबिन्दुता, केन्द्राभिगामिता; (अर्थ०) अभिसृति, उपसारिता, समविकासिता; मिलन ।

convergent a. अभिबिन्दु, संसृत, अभिसारी (~ *series*), उपसारी (~ *evolution*), केन्द्राभिसारी, एक केन्द्राभिमुखी ।

converging a. एककेन्द्राभिमुख, एक केन्द्रकी ओर झुका हुआ; उपसारी, अभिसारी (~ *rays*) ।

conversable a. मिलनसार, मिलने योग्य; सदालापी, आलाप-प्रिय, सम्भाषण-प्रिय, संवाद-प्रिय, वार्ता करने योग्य ।

conversableness n. मिलनसारी; आलाप-प्रियता ।

conversance, conversancy nn. परिचय, जान-पहचान, जानकारी ।

conversant a. (किसी वस्तुके सम्बन्धमें) व्यग्र, संसृष्ट, सम्बद्ध, चिन्तित; विचक्षण, पटु, अभिज्ञ, बहुश्रुत, निपुण, कुशल, चतुर, सुपरिचित, परिचित, विज्ञ, जानकार (व्यक्ति, विषय आदिका) ।

conversation n. संवाद, आलाप, वार्तालाप, सम्भाषण, बात-चीत; यौनसम्बन्ध, सम्भोग, स्त्रीप्रसंग, जारकर्म; ~ (*piece*) एक प्रकारकी नक्काशी (जिसमें कई चित्र समवेत होते हैं) ।

conversational a. वाचाल, वार्तालापप्रिय, बातूनी; सम्भाषण-सम्बन्धी, संवाद-सम्बन्धी ।

conversationalism n. सम्भाषण-कला, वाचालता, बातूनीपन ।

conversationalist n. सम्भाषणपटु व्यक्ति, वार्तालापमें निपुण व्यक्ति, विनोदप्रिय, बातें करनेवाला ।

conversationist n. संवादी, आलापी, वाचाल, बातूनी ।

conversative a. संलापी, वार्तालापप्रिय, बातूनी ।

conversazione n. (pl. ~*nes*, ~*ni*) विद्वत्परिषद्, कलागोष्ठी, वाद-विवाद-सभा, विद्वज्जन एवं कलाकारवर्गका सन्ध्याकालीन सम्मेलन ।

converse[1] n. (प्रा०) आलाप, वार्तालाप, संलाप, सम्भाषण, संवाद, कथावार्ता, बोलचाल, गपशप, बातचीत; समागम, संसर्ग, सम्पर्क, मेलजोल ।

converse[2] v. i. आलाप करना, कथोपकथन करना, संवाद करना, सम्भाषण करना, वार्तालाप करना, बातचीत करना, बात करना, बोलना, गपशप करना ।

converse[3] १. n. (तर्क०) प्रमेय, विपरीत उपक्षेप, परिवृत्त प्रस्ताव; रूप-विपर्यय (*'he had learning without wealth' is the ~ of 'he had wealth without learning'*); (गणित) विलोम, उलट (*this proposition is the ~ of the former*); २. a. विपर्यय, विलोम, प्रतिकूल, विपरीत, उलटा ।

conversion n. विपर्यय, विक्रिया, अदल-बदल, हेर-फेर; रूपान्तरण (ऋण, हुण्डी आदिका); (पापियोंकी) धर्मोन्मुखता, ईश्वरोन्मुखता; पापनिवृत्ति, कुमार्गका त्याग, शुद्धि; परधर्ममतावलम्बन, परधर्माश्रय, धर्म(मत)परिवर्तन; रूपान्तर, परिवृत्ति, परिवर्तन, उलट-पुलट;

~ factor, ~ loan, ~ operations, ~ period, ~ system, ~ table, ~ value.

convert[1] n. परधर्मापेक्षी, अन्यधर्मग्राही, स्वधर्मत्यागी, परधर्मावलम्बी, धर्मान्तरित व्यक्ति, शुद्ध हुआ व्यक्ति ।

convert[2] v.t. (तर्क०) रूपान्तर करना, विषय एवं विधेयका परिवर्तन करना; (ऋण, स्टॉक आदिका) रूपान्तरण करना, रूपान्तर करना; धर्म-परिवर्तन करना, शुद्ध करना, धर्मान्तरित करना, धर्म पलटना; परिवृत्ति करना, बदलना; पाप-निवृत्त होना, कुमार्ग त्यागना, धर्मोन्मुख होना, ईश्वरोन्मुख होना, ईश्वरकी ओर फिरना; (रगबी फुटबाल) पदाघातसे पूर्णतया गोल करना ।

converted a. रूपान्तरित, परिवर्तित, धर्मान्तरित, शुद्ध ।

convertend n. (तर्क०) परिवर्त्य (स्थापना) ।

converter n. परिवर्त्तक, रूपान्तरण करनेवाला; (विद्युत्) परिवर्तित्र ।

convertibility n. परिवर्त्यता, विनिमयसाध्यता, परिवर्तनीयता ।

convertible a. परिवर्त्य, परिवर्तनीय, उलटनेवाला, बदलने योग्य; (कागजी मुद्रा) विनिमयसाध्य; पर्यायवाची, समानार्थक; ~ husbandry उपज-आवर्तन, बदल-बदलकर आनेवाली फसल ।

converting n. रूपान्तरण, परिवर्तन ।

convertite n. धर्मान्तरित व्यक्ति, परधर्मावलम्बी ।

convex a. उत्तल, उदुब्ज, उन्नतोदर, न्युब्ज, कूर्मपृष्ठाकार, उन्नतपृष्ठ, बाह्यगोल (~ *cutting edge*) ।

convexed a. उदुब्जीकृत, बीचमेंसे फुलाया हुआ ।

convexity n. उदुब्जता, उन्नतोदरत्व, न्युब्जता, कूर्मपृष्ठाकार ।

convexness n. उदुब्जता, उन्नतोदरत्व, कूर्मपृष्ठाकारत्व; उभार ।

convexo-concave a. उन्न्युब्ज (एक ओरसे अन्दर धँसा हुआ और दूसरी ओरसे बाहर निकला हुआ) ।

convexo-convex a. उदुदुब्ज, दोनों ओरसे बाहरकी ओर उभरा हुआ ।

convexo-plane a. उदुब्जसम, एक ओरसे उभरा हुआ दूसरी ओर समतल ।

convey v.t. सम्प्रेषण करना, संचारित करना, दूर प्रेषित करना (~ *sound, smell*); वहन करना, ले जाना, पहुँचाना, ढोना; सूचित करना, प्रकाश डालना, विदित कराना, समझाना, बताना (~ *idea, meaning*) (कानून) अभिक्रामण करना, हस्तान्तर करना, हस्तान्तरित करना (सम्पत्ति आदि), सौंपना ।

conveyable a. सम्प्रेषणीय; वहनीय; संचार्य, संवाह्य; हस्तान्तरणके योग्य ।

conveyance n. सम्प्रेषण, संचारण, दूरप्रेषण; प्रवहण, वहन; संचार, संवाद, विचार आदिका कथन; (सम्पत्तिका) अभिक्रामण, हस्तान्तरण, सम्पत्ति-समर्पण; (सम्पत्ति आदिका) क्रयलेख्य; प्रापणी, वाहन, यान, बग्घी, गाड़ी, सवारी;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ advance, ~ allowance, ~ charges, ~ hire.

conveyancer n. हस्तान्तर-लेखक, सम्पत्तिके हस्तान्तरण का प्रलेख्य तैयार करनेवाला वकील, नकलनवीस ।

conveyancing n. हस्तान्तरलेखन, प्रलेखन, प्रलेख्यको बनानेका कार्य, दस्तावेज-नवीसी ।

conveyer, conveyor[1] nn. सम्प्रेषक; वाहक, उठा ले जानेवाला; वाहन (*coal* ~) ।

conveyor[2] n. हस्तान्तरक; वाहक ।

convict[1] n. अभिशस्त व्यक्ति, सिद्धदोष व्यक्ति, दण्डित, अपराधी, मुजरिम; बन्दी, कैदी;

~-cell attendant, ~ clothing, ~-labour, ~ nightguard, ~ nightwatchman, ~ officer, C~ Overseer, ~ settlement, ~ warder, ~ watchman, ~ watchwoman, ~-writer.

convict[2] v.t. दण्डित करना, दण्ड देना, सजा सुनाना (अदालतका); अभिशस्त करना, दोषी सिद्ध करना, दोषी स्थिर करना, दोषी ठहराना, अपराधी प्रमाणित करना, अपराधी ठहराना; भूल-चूककी ओर आकृष्ट करना, अपराधकी ओर ध्यान दिलाना ।

convicted a. अभिशस्त, सिद्धदोष (~ *case*) ।

convicting a. दण्डसाधक, दण्डदायी (~ *court*) ।

conviction n. अभिशंसन, अभिशंसा, अभिशस्ति, दण्डसिद्धि, दण्ड, दोष-सिद्धि, दोष-निश्चय, अपराध-निर्णय, सजा; दोषानुभव, (धर्म०) दोषकी सचेत जागरूकता; सम्प्रत्यय, धारणा, पूर्ण विश्वास, विश्वास; आत्मप्रत्यय, श्रद्धा, दृढ़ धारणा, दृढ़ विश्वास ।

convictism n. दण्ड-व्यवस्था; दोषभावना ।

convictive a. दण्डशील, अपराध-सम्बन्धी ।

convince v.t. दोषानुभव करना, अपराध आदिको स्वीकार करनेकी प्रतीति करना; युक्ति द्वारा प्रभावित करना, सप्रमाण समझाना, प्रतीति कराना, विश्वास दिलाना, विश्वास करना, निश्चय कराना, सन्देह दूर करना, यकीन दिलाना ।

convincement, convincingness nn. दोषानुभव; निर्णयात्मकता; विश्वसनीयता; विश्वास ।

convincible a. निर्णय-योग्य; प्रतीतव्य, विश्वसनीय, विश्वास दिलाने योग्य ।

convincing a. सम्प्रत्यायक, विश्वासोत्पादक, विश्वासप्रद (~ *proof*) ।

convive n. मित्र-अतिथि, साथी (किसी भोजमें) ।

convivial a. प्रमुदित, प्रफुल्ल, विनोदशील, आनन्दी, मौजी; आमोदजनक, आमोद-प्रमोद-सम्बन्धी, प्रीतिभोज-सम्बन्धी; सामाजिक ।

convivialist n. मौजी आदमी; विनोदशील, उत्सव-प्रिय, उत्सव मनानेवाला ।

conviviality n. सानन्दचित्तता, प्रमोद, आनन्द, आमोद, विनोदशीलता ।

convocation n. दीक्षान्त-समारोह, समावर्तन-उत्सव, उपाधि-वितरणोत्सव; डरहम विश्वविद्यालय या ऑक्सफोर्ड-की विधानसभा; समाह्वान, समावर्तन, समागम, बुलावा; कैण्टरबरी या यॉर्कके पादरियोंकी सभा; सम्मेलन, समारोह, जमघट ।

convocational a. दीक्षान्त-समारोह-सम्बन्धी, समाह्वान-सम्बन्धी, समागम-सम्बन्धी ।

convocator n. समारोह-संयोजक, समागमप्रिय व्यक्ति ।

convoke v.t. समाहूत करना, समाह्वान करना, सभाके लिए एकत्र करना, इकट्ठा करना, जुटाना, पुकारना, बुलाना ।

convolute १. n. परिवलय, लपेट, चक्कर; २. a. परिवलित, कुण्डलित, मरोड़ा हुआ, बल खाया हुआ, लपेटा हुआ, पेचदार, चक्कर दिया हुआ ।

convoluted a. (प्राणिवि०) परिवलित, कुण्डलित, मरोड़ा हुआ, लच्छेदार किया हुआ, ऐंठा हुआ, चक्करदार (~ *tube*) ।

convolution n. परिवलन, कुण्डली, लच्छा, लपेट, बल, पेच; संलुठन, मरोड़, ऐंठन ।

convolve v.t. & i. परिवलन करना, संलुठित करना, लच्छेदार बनाना, पेचदार करना, गोला बनाना, ऐंठना, तह करना, लपेटना, मोड़ना ।

convolvulus n. (pl. ~*luses*) संलुठिता, हरिणपदी प्रजाति, एक प्रकारकी बेल (अश्क पेचाँ) ।

convoy[1] n. रक्षक पोत, रक्षक बेड़ा, व्यापारी बेड़ा; सुरक्षामें लिया जानेवाला रसद आदिका सामान; फौजी दस्ता; पथरक्षक, रक्षक; पथरक्षण, अनुरक्षण, संरक्षण, रक्षण, सुरक्षा, निगरानी ।

convoy[2] v.t. संरक्षणमें ले जाना, रक्षा करना, रक्षाके लिए साथ जाना, जंगी जहाजोंका पहरा देना; (प्रा०) पथरक्षण करना, अनुरक्षण करना, (अतिथि, महिला आदिका); सशस्त्र रक्षा करना, रखवालीमें जाना; सहगमन करना, साथ जाना ।

convulsant a. & n. विक्षेपक, ऐंठनेवाला ।

convulse v.t. संक्षुब्ध करना, अन्तःक्षोभ होना, ऐंठ जाना; उत्कम्पित करना, प्रकम्पित करना, विक्षेप करना, आलोड़ित करना, आन्दोलित करना, झँझोड़ देना, वेगसे हिलाना, हिला देना (शा० एवं ला०); खूब हँसाना, हँसीसे पेटमें बल पड़ना ।

convulsion n. संक्षोभ, अन्तःक्षोभ, ऐंठन, मरोड़; विक्षेप; अव्यवस्था, क्रमभंग, उपद्रव, गड़बड़; सामाजिक एवं राजनैतिक विप्लव, उथल-पुथल, उलट-पुलट, हलचल, खलबली; अट्टहास, कहकहा, ठहाका, खूब जोरकी हँसी, हँसीकी लोटपोट ।

convulsionary a. संक्षोभशील; विप्लवकारी, उथल-पुथल सम्बन्धी ।

convulsionist n. = CATASTROPHIST.

convulsive a. संक्षोभजनक, क्षेपकर, उपद्रवी, मरोड़दार, उथल-पुथलवाला; विक्षेपी; ठहाकेका ।

convulsively adv. संक्षोभपूर्वक, क्षेपतः ।

cony, coney n. (pl. ~*ies*, ~*eys*) शशक, शश, खरगोश, खरहा; (प्रा०) छोटा सुअर, पैलस्टाइनका

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

स्थूलचर्मधारी चौपाया: ~-catcher धूर्त, ठग, चोर।

coo n., v.t. & i. कूजन, कू-कू (करना), गुटरगूँ (करना), गूँ-गूँ (करना); पेण्डुकीकी तरह कूजना; आदर करना; *bill and* ~ प्रेमकी बातें करना, प्रेमके साथ बोलना, दिल्लगी करना।

cooee, cooey n. & v. i. (आस्ट्रेलियामें) बुलानेकी आवाज (करना)।

cook[1] n. सूपकार, पाचक, रसोइया, महाराज, बावरची; ~-house रसोई-घर, पाकशाला, निवास-स्थानसे विलग रसोई; ~-shop भोजनालय; *too many ~s spoil the broth* अधिक जोगी मठ उजाड़, अधिक आदमियोंसे काम बिगड़ता है, दो मुल्लोंमें एक मुर्गी हराम।

cook[2]* v.t. & i. पकाना, पकना* (भोजन); भोजन तैयार करना, भोजन बनाना, खाना बनाना; रचना करना, गढ़ना (ला०); (ग्रा०) श्रान्त होना, थकान होना, थकना; (बोल०) परिवर्तन करना, गड़बड़ करना, गुप्त रूपसे लेखा आदिमें अदल-बदल करना, गोलमाल करना, झूठा हिसाब तैयार करना; ~ *his goose* बिगाड़ करना, किसीका सत्यानाश कर देना, गुड़ गोबर कर देना।

cooker n. अँगीठी, भट्टी, चूल्हा, कुकर; पक्त्र, पाकपात्र, पतीला, डेगची; अच्छे पकनेवाले फल एवं तरकारी आदि; जाल-साज, झूठा लेखा बनानेवाला।

cookery n. पाक-कला, पाक-विद्या, पाकशास्त्र, भोजन बनानेकी कला, बावरची-गिरी; ~-book पाक-पुस्तक, पाक-विद्या-सम्बन्धी पुस्तक।

cookie n. मुलायम टिकिया, छोटा मालपुआ, छोटा केक, बिस्कुट⊙, (कुल्या); (स्कॉटलैण्डमें) छोटी मीठी टिकिया।

cooking n. & a. पाक, पाचन (~ *test*); ~-house, ~-room पाकशाला, रसोईघर, बावरचीखाना।

cooky n. (बोल०) महाराजिन, बावरचिन।

cool १. n. आर्द्रता, शीतलता; शीतल समीर, शीतल पवन, ठण्डी हवा; शीत-स्थान, ठण्डी जगह; २. a. आशीत, शीत, शीतल, ठण्डा, हलका ठण्डा; मन्दोष्ण, अनुष्ण; उदासीन; उत्तेजनाहीन, शान्तस्वभाव, शान्त; उत्साहहीन, मन्द, सौजन्यहीन, शीलरहित; अनुद्विग्न, धीर, अव्याकुल (*a ~ hand*); ~-headed शान्त व्यक्ति, धीर पुरुष, स्थिर चित्तवाला (व्यक्ति); ~ scent (मृगयामें) क्षीण या दुर्बल गन्ध; *it cost me a ~ thousand* मेरे पूरे हजार रुपये लग गये।

cool[2] v.t. & i. उपशमन करना, तापका हरण करना, शीतल करना, शान्त करना, ठण्डा करना (शा० एवं ला०); शीतप्रद हो जाना, शीतल होना, शान्त होना, ठण्डा होना; जोश ठण्डा करना या होना; ~ one's *heels* प्रतीक्षा करना, राह देखना, बाट जोहना, इन्तिजार करना, बिठाये रखना।

cooler n. शीतक, ठण्डा करनेका पात्र, ठण्डा करनेवाला बर्तन (*wine, butter,* ~); (ग्रा०) जेलकी कोठरी।

coolie, -ly n. भारवाहक, भारिक, मजदूर, मोटिया, कुली।

cooling १. n. शीतलीकरण; २. a. शीतलायमान; (औषध) शीतप्रद, शीत, ठण्डा।

coolish a. शीतप्रद, सुखद, कुछ शीतल।

coolness n. अनुष्णता, मन्दोष्णता, शीतलता, ठण्डक; अनुद्वेग; ~ of affection वैराग्य, उदासीनता।

coolth n. (बोल०) = COOLNESS.

cooly n. = COOLIE.

coom n. कालिख (चूल्हेके ऊपर); काला कीचड़ (पहियेके धुरेका)।

coomb, combe n. उपत्यका, घाटी, छोटी घाटी, तराई (पहाड़ी या समुद्रकी)।

coon⊙ n. कपटी, धूर्त व्यक्ति; (बोल०) हबशी; *gone* ~ असाध्य, लाइलाज हो गया।

coon-can n. पत्रक-क्रीडा (एक विशेष प्रकारकी)।

coop[1] n. मछली पकड़नेकी टोकरी, टप्पा, काष्ठभाण्ड, मुर्गियोंको बन्द करनेकी टोकरी, पिंजरा, टोकरा, टापा, झावा (मुर्गियोंका); बाड़ा।

coop[2] v.t. टोकरीसे ढकना, टोकरेमें बन्द करना, झावेमें फँसाना; बन्द करना, कैद करना, गिरफ्तार करना।

cooper[1] १. n. (जहाजमें) पीपों आदिकी मरम्मत करनेवाला; पीपा बनानेवाला, कुप्पियाँ बनानेवाला; कड़वी मदिरा-विशेषका सम्मिश्रण; २. v.t. पीपोंकी मरम्मत करना, चमकाना, पालिश करना; पीपेमें डालना, कुप्पी भरना, कुप्पीमें डालना; बन्द करना; dry ~ शुष्क वस्तुओंके लिए पीपा बनानेवाला; wet ~ तरल पदार्थके लिए पीपा बनानेवाला; white ~ बालटियाँ, डोल आदि बनानेवाला; wine-~ मदिराको बेचने, नमूना देने या बोतलोंमें भरनेवाला।

cooper[2] = COPER[2].

cooperage n. पीपा बनानेवालेकी कला एवं काम; पीपा बनानेवालेका कारखाना या दुकान।

co-operant n. & a. सहयोगशील, मिलकर काम करनेवाला।

co-operate v.t. सहकारिता दिखलाना, सहकार्य करना, सहायता देना, सहयोग देना, मिलकर काम करना, साथ-साथ काम करना, साथ देना, मदद करना (काममें); (विभिन्न वस्तुओंका किसी एक परिणामके पैदा करनेके लिए) एकीभूत होना, मिल जाना।

co-operation n. सहकारिता, सहोद्योग, सहयोग, सहकार्य (~ *department*); (अर्थशा०) सहकारी संयोग, सहकारी सम्मिलन।

co-operative a. & n. सहयोगी, सहोद्योगी, सहकारी, सहयोगसम्बन्धी; सामाजिक; ~ society सहकारी समिति, सहकारी संस्था, साझेकी पूँजीसे व्यापार करनेवाली संस्था।

co-operator n. सहयोगी, सहकारी, साथी।

coopered⊙ a. बद्ध, दृढ़, गुँथा हुआ, जकड़ा हुआ।

coopery n. पीपा बनानेका काम।

co-opt v.t. संयुक्त करना, विनियुक्त करना, सहवरण

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

करना, (कोई सदस्य) जोड़ लेना।

co-optation n. विनियुक्ति, जोड़, (अधिक सदस्य) जोड़ लेनेका काम।

co-optative a. विनियुक्ति-सम्बन्धी, सहवरेण्य, सदस्यों द्वारा नये सदस्योंको चुननेसे सम्बद्ध।

co-opted a. सहवृत, विनियुक्त, जोड़ा हुआ (~ *member*)।

co-option n. प्रवरण, सहवरण; नामनिर्देश, निर्वाचन, चुनाव; विनियुक्ति।

co-ordinance n. सम्मिलित अध्यादेश (धार्मिक या कोई अन्य)।

co-ordinate[1] १. n. (गणित) अक्षांक, नियामक, भुजयुग्म, सवर्ग वस्तु; याम; समकक्ष; (in pl.) निर्देशांक; २. a. समपदस्थ, सवर्ग, तुल्य, समश्रेणी, समानपदवाला; सवर्गीय।

co-ordinate[2] v.t. समपदस्थ करना, समन्वयन करना, समन्वय करना, समकक्ष रखना, सवर्ग करना, सम करना; (विभिन्न भागोंमें) आसंजन करना, सामंजस्य करना, नियमित करना, एक साँचेमें ढालना, तालमेल करना, उचित सम्बन्धमें लाना, एक लड़ीमें पिरोना।

co-ordinated a. समन्वित, समन्वय किया गया (~ *food plan*); संयुक्त (~ *rail-road service*)।

co-ordinateness n. सवर्गीयता, तुल्यता, समश्रेणीत्व।

co-ordinating a. समन्वय-सम्बन्धी, आसंजनकारी (~ *authority*)।

co-ordination n. आसंजन; समन्वय; सामंजस्य, समीकरण, एकीकरण, भुजयुग्मता;
~ board, ~ cases, ~ committee, ~ complex, ~ formula, ~ number.

co-ordinative a. सामंजस्यकारी, समन्वयशील एक सम्बन्धमें लानेवाला।

coot n. कारण्डव-कुक्कुट, पन-डुब्बी चिड़िया, बत्तककी तरहका एक पक्षी।

cootie n. (सेनामें ग्रा०) यूका, जूँ, चिल्लड़।

co-owner n. सहस्वामी, साझेदार, मालिक।

cop[1] n. वलित-सूत्र, टेकुवेपर लपेटा जानेवाला सूतका शंक्वाकार गोलक, गोला, कुकड़ी, लूँडा।

cop[2] n. (ग्रा०) पुलिसका आदमी, पुलिसका सिपाही, पुलिसमैन।

cop[3] १. n. पकड़, गिरिफ्त (*a fair* ~); २. v.t. (ग्रा०) लपककर लेना, पकड़ लेना, रोक लेना, फँसाना, गिरफ्तार करना।

copaiba, -va n. श्लेष्मयास, बराजोली बालसम, एक प्रकारका महकीला रोगन।

copal n. समुद्यास, धूनक, डामर, वार्निशमें प्रयोग की जानेवाली राल।

coparcenary, -ery, nn. = PARCENARY, PARCENER.

co-parcener n. संदायाद (दूसरे व्यक्तियोंके साथ किसी सम्पत्तिमें सहभागी होनेवाला व्यक्ति)।

copartner n. सहभागी, अंशभागी, संगी, साथी, साझी, साझीदार, हिस्सेदार।

copartnership n. सहभागिता, संग, साझा, साझेदारी, हिस्सेदारी; labour ~ लाभांशमें मजदूरोंकी हिस्सेदारी, मजदूरोंकी साझेदारीका ढंग।

copartnery n. सहभागिता, साझा, साझेदारी, हिस्सेदारी।

cope[1] n. (ढलाई) साँचेका बाहरी भाग; पादरियोंका चोगा, लबादा; उदर्ध; ~ of heaven स्वर्गका वितान, आकाश; ~-stone शिखर, अन्तिम रद्दा, मकानका मुँड़ेरा; भवन-निर्माणका अन्तिम कार्यक्रम।

cope[2] v.t. & i. लबादेसे सजाना; मकानको लबादा पहनाना, शिखर बनाना, मुँडेर बनाना, (दीवार आदिको) मुँड़ेर एवं छज्जेसे ढक लेना; छज्जा बनाना, महराबदार छत बनाना; ~ *over* मुँड़ेराकी भाँति उत्सेध बढ़ाना।

cope[3] v. i. (किसी व्यक्तिसे) स्पर्धा करना, सामना करना, झगड़ना, मुठभेड़ होना, हाथापाई होना, मुकाबला होना; (~ *with*) पूरा करना, सँभालना, निपट लेना, निबाहना।

copeck n. रूसी ताम्र-मुद्रा, ताँबेका रूसी सिक्का (लगभग एक पैसेके बराबर)।

coper[1] n. (*horse*-~ भी) अश्व-व्यापारी, घोड़ेका व्यापारी, घोड़ेका सौदागर।

coper[2] n. (जहाजमें) मदिरालय, मदिरापोत।

Copernican a. ~-system, theory कोपरनिकस-की प्रणाली, कोपरनिकसका सूर्यसिद्धान्त।

copier n. प्रतिलिपिक, प्रतिलिपि करनेवाला, (व्यं०) नकल करनेवाला।

cophosis n. बधिरता, बहरापन।

coping n. कपिशीर्ष, उत्तर, दीवारका शिखर, माँग, मुँड़ेरा, चोटी, छज्जा, ऊपरका रद्दा; ~-stone मुँड़ेरा एवं छज्जेमें काम आनेवाले पत्थर।

copious a. पुष्कल, प्रभूत, भूयिष्ठ, विपुल, भूरि, प्रचुर, बहुत, भरपूर, बहुल, भरा हुआ (~ *growth*); (भाषा-ओंका) शब्दबहुल, शब्दभण्डारपूर्ण; वाग्बहुल; सूचना-मय, समाचारपूर्ण, ज्ञान-बहुल।

copiousness n. विपुलता, प्रचुरता, बहुतायत, बाहुल्य, बहुलता।

co-plaintiff n. सहवादी।

coplanar a. समतली, समतलस्थ, समस्तर।

copper[1]* १. n. ताम्र, ताँबा*; ताम्रवपु, कांस्य, काँस्य, मुद्रा एवं सिक्का, पण, पैसा आदि; ताम्र-पात्र; ताँबेके बर्तन; २. a. ~-bit टाँका लगानेका औजार, लोहेका हथियार (जिसके सिरेपर ताँबेकी नोक होती है); ~-captain कपटी कप्तान; टकेका कप्तान; झूठमूठका कप्तान; C~-head ताम्रशीर्षसर्प, तामड़ा-सर्प, अमेरिकाका एक विषैला सर्प; C~-Indian उत्तरी अमेरिकाके आदिवासी; ~-plate (अम्ल लेखनके लिए पालिश किया हुआ) ताम्रपत्र, ताम्र-पट्ट; सुन्दर, शुद्ध, साफ, सुथरा (लेख); ~-smith ताम्रकार, कसेरा, ठठेरा; hot-~ मदिरा-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

पानसे झुलसा हुआ मुँह और गला; *cool one's ~s* मदिरासे अपनेको शान्त करना, प्यास बुझाना (मदिरासे); ३. v.t. ~ *bottom* ताँबेका पेंदा चढ़ाना, जहाजके पेंदेपर ताँबा चढ़ाना;

C~ Age, ~-alloyed, ~ amalgam, ~ basin, ~ beech, ~ benzoin, ~ black, ~ blue, ~-bottomed, ~ bronze, ~ brown, ~-coated, ~ coin, ~-coloured, ~-faced, ~ filings, ~ foil, ~ formate, ~ gauze, ~ gauze roller, ~ glance, ~ green, ~ index, ~ jacket, ~leaf, ~ lightning conductor, ~ lodes, ~ loss, ~ nickel, ~ nitrate, ~-nosed, ~ number, ~ ore, ~ paint, ~ pipe, ~-plated, ~-plate inscription, ~-plate printer, ~-plate printing, ~ powder, ~ pyrites, ~ red, ~ ring, ~ rose, ~ rust, ~sidesman, ~ slab, ~ still, ~ strip, ~ tube, ~ turnings, ~ value, ~ vanadate, ~ vessel, ~ ware, ~ weld wire, ~ wire, ~ wire roller, ~ works, ~ worm, ~ yellow.

copper[2] n. (ग्रा०) आरक्षक, आरक्षी, पुलिसका सिपाही, पुलिसमैन।

copperas n. तुत्थ, तूतिया, नीलाथोथा, मलीमस, कासीस, कॉपरैस।

coppering n. ताम्रावरण, ताँबा चढ़ाना।

copperization n. ताम्रायण, ताम्रव्यापन, ताम्ररोपण।

copperize v.t. ताम्रायण करना, ताम्रव्यापन करना, ताँबा चढ़ाना।

coppery a. ताम्रमय, ताम्रसदृश, ताँबेका।

coppice n. स्थूण, स्थूणवन, गुल्मावृत स्थान, झाड़ियोंका जँगल, स्थूण-प्ररोह; ~-wood झाड़-झंखाड़, झाड़ियाँ; ~ clump, ~ coupe, ~ felling, ~ forest, ~ regeneration, ~ selection method, ~ shoot, ~ system, ~ thinning.

coppin n. सूत्रगोलक, कुकड़ी, लूँड़ा।

copra n. नारिकेल, नारियलकी सूखी गिरी, खोपरा।

copro-lite n. विष्टाश्म, मलाश्म, कण्डिका, कण्डा, पुराना (सूखा हुआ) गोबर, कोप्रोलाइट।

copro-litic a. मलाश्मीय, मलाश्म-सम्बन्धी, गोबरके समान बनी हुई चट्टानसे सम्बन्धित।

coprology n. कला-कौशल अथवा साहित्यकी अश्लीलता।

coprophagan n. मलकीट, गोबरैला, मोगरी।

coprophagous n. विष्टात्तक, शकृद्भक्षी, मलभक्षी, मोगरी, गुबरैला, गोबर खानेवाला (कीड़ा)।

co-proprietor n. सहस्वामी, सहधनी, सहसंस्थापक।

copse १. n. ~-wood झाड़-झंखाड़, झाड़ियाँ; २. v.t. झाड़ीसे आवृत करना, झाड़-झंखाड़ कर देना, झाड़ीसे ढकना।

copsy a. झाड़-भरा, झाड़ीवाला।

Copt n. मिस्रदेश निवासी ईसाई।

Coptic n. काप्ती, प्राचीन मिस्रदेश निवासी ईसाइयोंकी (भाषा)।

coptis n. कनकसूत्र, सुनहरी तार।

copula n. (व्या०) विधेयक शब्द, उद्देश्य या विधेय-वाचक शब्दका योजक पद, (न्यायमें) क्रियापद 'हो'का चिह्न; (तर्क०) योजक; (श० र० शा०) संयोजक अवयव, हड्डियोंका जोड़; (संगीत) भीड़, बन्द, छोटा-सा सुर (जो दो तानोंके मध्य हो)।

copular a. संयोजक-अवयव-सम्बन्धी।

copulate v. i. सहवास करना, रतिक्रिया करना, मैथुन करना, सम्भोग करना।

copulation n. व्याकरण-सम्बन्धी अथवा तार्किक संयोजन, सम्पर्क, संसर्ग, संयोग; योजन, जोड़ना; रतिक्रिया, मैथुन, सम्भोग; (रसा०) मिथुनीकरण, मिथुनीभाव।

copulative १. n. संयोजक अवयव; २. a. (व्या०) संयोजक शब्द या उपवाक्य, संयोजक, विधेयक और विषय; संयोजक, संयोगकारी; (प्राणिवि०) मिथुनीय, मैथुनसम्बन्धी।

copulatory a. मैथुनसम्बन्धी, सम्भोगसम्बन्धी।

copy[1]* n. प्रतिलेख, प्रतिलिपि*, कापी, अनुलिपि, अनुकृति, प्रतिरूप, प्रति, नकल (लेख अथवा चित्र आदिकी); अनुकृति, अनुकरण*; हस्तलिपि, हस्तलेख; मुद्रणलिपि, मुद्रणप्रति; मूलग्रन्थ; (पुस्तक आदिका) मुद्रित, एवं लिखित आदर्श, नमूना; (कानून) प्रत्यपेक्षी, पट्टीदारी या जमाबन्दीकी नकल; ~-book ⊙ अभ्यास-पुस्तिका, कापी; ~-book maxims, morality सामान्य नैतिकता; ~-cat नक्काल, भँड़ुआ; ~hold भूम्याधिकार, पट्टा, पट्टलेख, पट्टभूमि; पट्टेदारी; ~holder पट्टेदार; ~ of verses (स्कूलोंके लिए) पद्यसंग्रह, पद्य-संकलन, ~ reader ⊙ उपसम्पादक, सहायक सम्पादक; fair ~ आदर्श पद्यसंग्रह; rough, foul ~ मूलप्रारूप, मुलानुलेख, मसविदा; *it will make good* ~ यह (लेख) समाचार-पत्रमें छापने योग्य है;

~ foil, ~ sheet, ~ stamp.

copy[2] v.t. & i. अनुकृति करना, प्रतिलिपि बनाना या करना, प्रति बनाना; अनुकरण करना; नकल करना, नकल उतारना, कापी करना; परीक्षामें नकल या चोरी करना।

copying n. प्रतिलिपिकरण; ~-press प्रतिलिपिपीड (पत्र-पीड), प्रतिलिपि छापनेका प्रेस, प्रतिलिपि छापनेवाली मशीन।

copyist n. प्रतिलिपिक, नकलनवीस।

copyright १. n. कृतिस्वामित्व, ग्रन्थस्वत्व, प्रतिलिप्यधिकार, पुनर्मुद्रणाधिकार, मुद्रण-क्रयादिका अधिकार; २. v.t. प्रतिलिप्यधिकार प्राप्त करना, (पुस्तकादिका) अधिकार पाना; ३. a. प्रतिलिप्यधिकार आदिसे सुरक्षित।

coquelicot n. रक्त अहिफेन, जंगली पोस्त; पोस्तका रंग।

coquet[1], **coquette** v.i. कामोद्वेगका प्रदर्शन करना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

२९३Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

चित्ताकर्षण करना, रँगरेली करना, चोंचले करना, हँसी उड़ाना; हावभाव दिखलाना, उमंग या जवानीकी चेष्टाएँ करना, नखरे करना; खिलवाड़ करना।

coquet[2] a. विलासवती, बाँकी, नखरेबाज, छबीली, हाव-भाव करनेवाली।

coquetry n. ललिताभिनय, विलास, हाव-भाव, चोंचला, नाज नखरा; छबीलापन, सजीलापन, बाँकपन; (ला०) निरर्थक वस्तु, तुच्छ बात, साधारण वस्तु।

coquette n. कामिनी, विलासिनी, विलासवती, लीलावती (स्त्री), हावभाव करनेवाली रमणी, नखरेबाज औरत; तितली।

coquettish a. हाव-भाव करनेवाली, चोंचले करनेवाली, नखरेबाज।

cor n. यहूदियोंका एक माप।

coracle n. चर्मावृत क्षुद्र नौका, ठठबन्द नाव, बाँसकी बनी हुई पनसुइया।

coracoid a. & n. (श० र० शा०) काकचंचुवत् (अस्थि); उरोंस्या, कौवेकी चोंचकी शक्लवाला।

co-radicate a. एक ही जड़की बनी हुई; (भाषाविज्ञान) समधातुज, एक ही धातुसे निष्पन्न।

coral १. n. प्रवाल, विद्रुम, मूँगा; मूँगेका खिलौना, पालिश किया हुआ मूँगा एवं गुरी; केकड़ेके खाकी अण्डे; २. a. प्रवालनिर्मित, प्रवालसदृश; ~ island प्रवाल-द्वीप, विद्रुमद्वीप, मूँगेका टापू; ~ jasmine शेफालिका; ~ rag प्रवाल-प्रस्तर; ~ reef प्रवाल-शैलमाला, प्रवाल-प्राचीर, प्रवाल-पुंज; ~ wort दन्तिमूल पौधा; ~ bead, ~ bean, ~-berry, ~-billed, ~ blush, ~ drops, ~ fish, ~ plant, ~ red, ~-root, ~ snake, ~ spot, ~ stitch, ~ tree.

coralliferous a. प्रवालयुक्त, विद्रुमसहित, मूँगायुक्त; प्रवालोत्पादक।

coralliform a. प्रवाल-रूप, मूँगेके समान।

coralligenous a. प्रवालोत्पादक, मूँगे उत्पन्न करने वाला।

coralline[1] n. प्रवालीय घास, एक प्रकारकी समुद्री घास; प्रवाल-जन्तु, विभिन्न वनस्पति-सदृश जीवोंके नाम; ~ zone प्रवाल-मण्डल।

coralline[2] a. प्रवालवत्, प्रवालीय, प्रवालसदृश, विद्रुमीय; प्रवालसदृश लाल, प्रवाल (रक्त) वर्ण; ~ ware प्रवाली पात्र, इटलीके प्राचीन रक्तवर्णके चिकने बर्तन।

corallite n. प्रवालरक्त संगमरमर, प्रवाली संगमरमर; प्रवालाश्म, शिलीभूत प्रवाल; प्रवालविशेष, अनेकजातीय जलजन्तुविशेषका प्रवाली ढाँचा।

coralloid n. & a. प्रवालाकार, प्रवालाभ, विद्रुम-सा, मूँगेके समान।

corallum n. प्रवालक्षेत्रका ढाँचा या ठठरी।

coranglais n. भोंपू, अँग्रेजी सींघा।

coranto n. प्राचीन रीतिका नृत्य (विशेष)।

corb n. लोहेका टोकरा।

corban n. बलि, देवी-देवताको चढ़ानेके लिए रक्षित वस्तु।

corbeil n. मृत्पूर्ण पात्र; आग बुझानेके लिए मिट्टीसे भरी बाल्टी (दुर्गमें)।

corbel १. n. (स्था०) मोरनी, घोड़िया, टोड़ा, पट्टा; २. v.t. & i. ~ *out*, *off* तोड़ेका छज्जा निकालना, तोड़े निकालना, पट्टा बनाना; ~ या ~-block चोबी तोड़ा, कड़ियोंका छज्जा, घोड़ियोंका कुन्दा; ~ table पट्टेके ऊपरका रद्दा।

corbelled a. (स्था०) घोड़ियावाला, टोड़ेदार, पट्टेदार।

corbicula n. मधुकर-जंघा, मक्खीका वह पृष्ठ-भाग जिससे केसर ले जाया जाता है।

corbie n. ध्वांक्ष, कृष्ण-काक, काला कौवा, जंगली कौवा; मुरदार खानेवाला कौवा; ~-steps खपड़ैके मकानके ढलवाँ पाखे।

corcass n. लवण कर्दम; खादर; लोनिया दलदल; कछार, शीघ्र बाढ़ग्रस्त होनेवाला जमीनका भाग।

cord* १. n. सूत्र, रज्जु, रस्सी, रस्सा, डोरी*; पथ (*Howrah-Burdwan* ~); (घोष-) तन्त्री; पशु-शरीरका रज्जुसदृश गठन; कपड़ेपर रज्जु-सदृश पशु, कपड़ेपर उभरी हुई डोरियाँ; मोटा डोरीवाला कपड़ा; २. v.t. रज्जु द्वारा बन्धन करना, रस्सीसे बाँधना, रस्सीसे जकड़ना; ~ of discipline, fourfold ~ of evidence etc. अनुशासनकी पाबन्दी, नियमपालन या साक्ष्यके चौहरे बन्धन; ~s मोटे डोरिया या कार्ड-रायकी पतलून, जाँघिया या बिरजिस या लकड़ी नापनेका एक पैमाना; ~-wood कॉर्ड (१२८ वर्गफीट) नापकी रक्खी गई लकड़ी।

cordage n. रज्जुसमूह, बन्धनी, रस्सियाँ, डोरियाँ।

cordate a. हृद्रूप, हृदयाकार।

corded a. डोरीदार, डोरीवाला (कपड़ा आदि); रस्सियोंसे सजा हुआ, रस्सियोंका बना हुआ; पाशबद्ध, रज्जुबद्ध, रस्सा या डोरी आदिसे कसा, जकड़ा या बँधा हुआ।

cordelier n. सेहलीवाला साधु, कठोर नियम पालन करनेवाले फ्रांसिस्कन संन्यासी।

cordial n. & a. उत्तेजपेया; उत्तेजक, उद्दीपक, धातु-पोषक, अग्निवर्द्धक, पुष्टिदायक (ओषधि, खाद्य, मदिरा); निष्कपट, हार्दिक, स्नेहपूर्ण, शुद्ध, सच्चा, अच्छा; सौहार्द, मैत्रीपूर्ण, मित्रवत् ⊙।

cordialis(z)e v.i. सौजन्य या सौहार्दपूर्ण होना, मैत्री-पूर्ण होना; मैत्री करना।

cordiality n. सौजन्य, सौहार्द, निष्कपटता, मित्रभाव।

cordierite n. नीलिज, एक प्रकारका खनिज।

cordiform a. हृदाकार; हृदयके आकारका।

cordillera n. पर्वत-समूह, गिरि-श्रेणी, भूधर-राजि।

cordite n. रज्जुस्फोट, धूमरहित विस्फोटक, धूमविहीन बारूदविशेष, बिना धुएँका बारूद-गोला।

cordon n. शिविर-श्रेणी, सेनाकी चौकियोंकी श्रेणी या पंक्ति, स्थान-स्थानपर नियुक्त सैनिकोंकी पंक्ति; पुलिस आदिका घेरा या पहरा, हदबन्दी, बीमारीवाले प्रदेशकी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

सीमा; विभूषक या शोभाकार डोरी, फीता, गोटा या लेस; कंगूरा, (किलेकी दीवारका) बुर्ज; (उच्चारणमें फ्रेंचके समान 'कार्दां') सामन्तोंका फीता; छाँटा हुआ फलका वृक्ष; ~ bleu (विनोद) प्रथम श्रेणीका महाराज या रसोइया; sanitary ~ अथवा ~ sanitaire रोग-संक्रमित और असंक्रमित प्रदेशोंकी सीमा या रेखा।

cordoning n. हदबन्दी, घेरा डालना।

cordovan n. & a. कारडोवा-चर्म, कारडोवाका चमड़ा; दे० CORDOWAN.

corduroy n. & a. मोटा डोरिया, मोटे डोरियेवाला सूती या ऊनी कपड़ा, कार्डराय; (pl.) कार्डरायकी पतलून, पाजामा; ~ road (अमेरिकामें) लगुड़-मार्ग, दलदलवाली सड़क (जिसपर वृक्षोंके तने डाले जाते हैं)।

cordwain n. (प्रा०) स्पेनका चमड़ा।

cordwainer n. चर्मकार, मोची, जूता बनानेवाला।

core १. n. आन्तरक, बीजकोष, बीजदान, अन्तर्भाग, भीतरी भाग, गूदा; आन्तरिक साँचा; चुम्बकीय आन्तरक एवं गर्भ (जो विद्युत्-चुम्बकके मध्य होता है); बीचका बल या बट (रस्सी या तारका); अन्तःकरण, अन्तस्तल, मर्म, मन, हृदय, दिल; केन्द्र, अभ्यन्तर, अन्तर, (*rotten at the* ~); मेषों एवं भेड़ोंका रोग (अर्बुद, बतौरी, गिल्टी आदि); २. v.t. बीजदान निकालना, गूदा निकालना।

co-regent n. संयुक्तशासक, सहप्रबन्धक।

co-relation n. परस्पर-सम्बन्ध, आपसी ताल्लुक।

co-relative n. परस्पर-सम्बन्धी।

coreless a. बिना बीजकोशके, बेदाना, बिना अन्तर्भाग-के, खोखला।

co-religionist n. सहसम्प्रदायवादी, सहधर्मावलम्बी, एकधर्मावलम्बी, सधर्मी, एक ही धर्मका अनुयायी।

coreopsis n. स्वर्णगुच्छ, किरणदार पौधा।

corer n. बीजदान निकालनेका यन्त्र।

co-respondent n. सह-उत्तरवादी, (विवाह-विच्छेदके वादमें) सह-प्रतिवादी।

corf n. जीवितमत्स्यपिटक, जीती हुई मछली रखनेकी टोकरी।

corgi, -gy n. एक छोटा कुत्ता।

coriaceous a. चर्मल, चर्मवत्, चर्म-सदृश, चमड़े-जैसा।

coriander n. धान्यक, धनिया, धनियाका पौधा।

corinth n. रोहित, लाल रंग।

Corinthian n. & a. कोरिन्थ (यूनान) निवासी; सदानन्द पुरुष, विषय-सुखी, सुखभोगी (व्यक्ति), आनन्द-प्रिय व्यक्ति, विलासप्रिय व्यक्ति, छैला; ~-order (वास्तु०) कोरिन्थी वास्तु-कला; *Epistles to the C~s* बाइबिलकी पुस्तकें।

Corinthianesque a. कोरिन्थी वास्तु-कला सम्बन्धी।

corium n. चर्म; निम्नतम त्वक्-स्तर, कवचका चमड़ा।

co-rival n. संयुक्त प्रतिस्पर्धी, सहस्पर्धी।

co-rivalry n. संयुक्त प्रतिस्पर्धा, सहस्पर्धिता।

cork* १. n. बलूतवृक्ष या कार्कंकी छाल; कार्क, काग*, चीप, बोतल या शीशीकी डाट*, डट्टा; त्वक्षा, अन्तर्वल्कल; २. v.t. & i. टेढ़ा चलना, चक्राकारमें घूमना, पेंचदार होना, घुमावदार होना, घूम-घूमकर चलना, हेर-फेरसे चलना; काग लगाना, डट्टा लगाकर बन्द करना, चीप द्वारा बन्द करना, डाट बन्द करना, डट्टा लगाना, रोकना (*with* ~, *blacken with burnt* ~); ~-carpet फर्शपर बिछानेकी एक चटाई; ~-heeled कागकी एँड़ी-वाला; विलासी, लम्पट, दुश्चरित्र; चंचल खिलाड़ी; ~-jacket तैरनेमें सहायक जाकेट या सदरी (जो कार्क-की बनी हो या जिसके नीचे कार्कका अस्तर लगा हो);

~ black, ~ blue, ~-borer, ~ cambium, ~ formation, ~ oak, ~ press, ~ screw rule, ~ sheet, ~ squeeze, ~ tree, ~ wings, ~-wood.

corkage n. कागकशी, बोतलोंके कागकी खुलवाई; बोतलोंमें (डट्टा) लगाने या खोलनेका काम या भाड़ा।

corked a. कागके काजलसे रंजित, कागसे रंगा हुआ; कागसे बन्द, डट्टा लगाया हुआ।

corker n. (ग्रा०) वार्तालापका प्रतिरोध; बिलकुल झूठ, सफेद झूठ।

cork-screw n. त्वक्षा-भ्रमि, बोतलका काग निकालने-का यन्त्र।

corky a. काग-सदृश, डाट-सदृश, डट्टे-जैसा; हठी, अड़ियल; चंचल, चपल, सजीव, उत्फुल्ल, उत्साहपूर्ण; (बोल०) असार, ओछा, छिछोरा।

corm n. (वन०) वज्रकन्द, कन्दिका (जड़)।

cormorant n. एक प्रकारका जलकाक, पनकौआ, एक समुद्री खाऊ चील; अति लोभी, लालची (व्यक्ति), पेटू मनुष्य, खाऊ व्यक्ति, भुक्खड़ आदमी।

corn n. बीजकण, बीज, दाना, गल्ला; शस्य, धान्य, अन्न, अनाज, अनाजके पौधे; भुट्टा; गोधूम, गेहूँ; मर्कक, मक्का⊙; ~-brake⊙ मक्काकी खेती; ~ brash चूना मिली हुई खाद (मक्काकी खेतीके लिए) बलुई पत्थर; ~-chandler धान्य-विक्रेता, अनाज बेचनेवाला, परचूनिया, गल्लेका व्यापारी; ~-cob मकईकी बाल, भुट्टेकी बाल; ~-cob pipe मकईकी बालका बना हुआ हुक्का; ~-crake सस्य-कुक्कुटी, एक पक्षी; ~-factor धान्यविक्रेता, अनाज बेचनेवाला; ~-flour मर्कक चूर्ण, मकईका आटा, ~-flower अनाजबूटी, अनाजके साथ उगनेवाले अनेक पौधे; ~-laws धान्य-व्यापार-नियम, अनाजके व्यापारके कानून; ~ loft धान्यगृह, बखार, अनाजकी खत्ती; ~-rent बटाई, अनाजका लगान; ~ stalk दुर्बल मनुष्य, योरोपीय वंशका आस्ट्रेलियन; ~ stone एक प्रकारका चूनेका पत्थर;

~ bin, ~ bird, ~ bread, ~-bunting, ~ cake, ~cob-gum, ~ cockle, ~-coloured, ~-crib, ~ crowfoot, ~-crusher, ~-ear worm, ~-eater, ~-fed, ~ field, ~ fly, ~-grower, ~ husk, ~ land, ~ mayweed, ~ meal, ~ mill, ~mint, ~ oil, ~pipe, ~ pit,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

२९५ Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ poppy, ~-reaper, ~ rose, ~ sow thistle, ~ syrup, ~ worm.

corn[2] v.t. नमक डालकर अन्नको सुरक्षित रखना, नमक छिड़कना।

corn[3] n. किण, घट्ठा, मस्सा; ~-plaster किणलेप, घट्ठापर लगानेका लेप, मलहम; *tread on my ~s* भावोंको चोट पहुँचाना, घाव करना, पीड़ा देना, दिल दुखाना।

cornea n. कनीनका, चक्षुपटल, आँखकी पुतलीका पुरस्सर भाग (परदा); स्वच्छा।

cornel n. गिलास, चैरी, एक वृक्ष।

cornelian, car- n. लाल, इन्द्रगोप, बहुमूल्य प्रस्तर, अनुज्ज्वल-लालवर्णका एक मूल्यवान् पत्थर।

cornemuse n. बीनबाजा, भस्त्रावेणु, मशकबाजा।

corneous a. शृंग्य, सींगदार; कड़ा।

corner १. n. कोण, कोना, खूँट; प्रक्षिप्त कोण; क्षेत्र, प्रदेश, भूतल, पृथ्वीतल, भूखण्ड, भूभाग (*all the ~s of the earth*); निभृत स्थान, शून्य स्थान, एकान्त स्थान, गुप्त स्थान (*done in a ~*); सीमा; (हॉकी, फुटबालमें) कोनेकी ठोकर; (वाणि०) सारा बाजार मुट्ठीमें करके एकाधिकार पानेका विचार, एकाधिकारात्मक क्रय; २. v.t. & i. कोनेमें लगाना या जमाना, कोनेमें ढकेलना, कोनेमें रखना; कोने निकालना, कोने बनाना; (ला०) विक्रेताओंको एकाधिकारात्मक उपाय द्वारा विवश करना, एकाधिकारात्मक क्रय करना, बाजारको मुट्ठीमें कर लेना, सारा माल खरीद लेना; ~-boy, ~-man[1] लम्पट, लफंगा, आवारा; ~-man[2] चारणोंकी पंक्तिके सिरेका आदमी; ~-stone कोण-शिला, प्रधानकोण-प्रस्तर, कोनेका पत्थर; अनिवार्य आधार, अपरिहार्य भाग, अत्यावश्यक अंश (भाग), बुनियादी वस्तु; the ~ (ग्रा०) लन्दनके जुआरियोंका भवन; *cut off a ~* कतराके निकल जाना, बचके निकलना; *drive into a ~* (ला०) कठिन परिस्थितिमें ढकेलना; *put (child) in the ~* कोनेमें खड़ा कर देना; *turn the ~* मुड़कर दूसरी गलीमें जाना; (ला०) संकटमय दशासे बच जाना, परिस्थिति बदलना।

cornered a. कोणित; संकटग्रस्त, घिरा हुआ।

cornet[1] n. तुरही जैसा एक बाजा; पुड़िया; रसमलाईसे भरा हुआ बिस्कुट; echo-~, solo-~ बाजेके बटन, विराम (जिससे ध्वनि ऊँची या नीची की जा सके)।

cornet[2] n. आश्विकनायक, ध्वजवाहक, पताकाधारी, (प्रा०) अश्वारोही सेना-दलका आशप्त अधिकारी (जमादार); धार्मिक संघकी सदस्याका श्वेत शिरस्त्राण, सफेद रंगका मुरेठा।

cornet-a-piston n. मरुद्वाद्य या मशक बाजा अथवा बिगुल (विशेष प्रकारका)।

cornetcy n. आश्विकनायकत्व, ध्वजवाहकता, जमादारी।

cornetist n. तुरही बजानेवाला।

cornice n. (पर्वतारोहणमें) करारेके सिरेका आसन्नवर्ती कठोर बर्फका ढेर, बर्फका जमाव; (स्था०) शीर्षशृंग, कँगनी, मुँड़ेरा, (भवनके ऊपरी भागमें) कगर, कार्नीस; भित्ति-शृंग, छतके नीचे दीवारके साथ-साथ गोला, चूड़ी।

corniced a. शीर्षशृंगयुक्त, कँगनीदार; चूड़ीदार।

cornicle n. शृंगिका, लघुशृंग, छोटा सींग।

corniculate a. (वन०) शृंगयुक्त, शृंगी, सींगोंवाला।

cornific a. शृंगोत्पादक, सींगवाला।

corniform a. शृंगाकार, सींगसे सम्बन्धित या सींगाकार।

cornigerous a. शृंगवान्, सींगोंवाला।

corning-house n. धान्यागार, धान्य-गृह, बखार, कोठार।

Cornish १. n. कार्नवाली, कार्नवालकी भाषा; २. a. कार्नवालका (निवासी); ~ boiler रम्भाकार तापक (देगची), वाष्पित्र; ~ Riviera इंग्लैण्डका दूरतम दक्षिण-पश्चिमी प्रदेश।

cornmint n. पर्णास, पोदीना।

cornmuse n. फ्रान्सीसी बाजा (खास किस्मका)।

cornoid a. काकचंचुवत्, सींग या कौवेकी चोंचकी तरह टेढ़ा।

cornopean n. दे० CORNET[1].

cornubianite n. स्फटाभ्राश्म, कार्नवालमें पाया जानेवाला स्लेटी पत्थर।

cornucopia n. (pl. *-as*) शोभा-पात्र, आलंकारिक शृंगिका; प्राचुर्य भण्डार, गोदामका बाहुल्य, सामग्रीका ढेर; भरपूर सींग; कलामें पुष्प तथा फल और धान्यके द्योतक बकरीकी सींग।

cornucopian a. शृंगप्रतीक, प्रचुर, भरपूर, सामग्री-बहुल (गोदाम), भरापूरा।

cornute १. a. शृंगवान्; शृंगाकार; २. v.t. सींग देना; व्यभिचारी बनाना।

cornuted a. शृंगाकार, शृंगयुक्त, सींगवाला।

corn-weevil n. घुण, घुन, गेहुँआ कीड़ा।

corny[1] a. शस्योत्पादक, शस्यपूर्ण, अन्नमय, धान्यसे समृद्ध, धान्यवाला, अन्नसे सम्पन्न, अनाज-भरा, अनाज-वाला, अनाजका।

corny[2] a. किणमय, घट्ठेदार, घट्ठा पड़ा हुआ (पाँव); कठिन।

corody n. पेंशन, भत्ता।

corolla n. (वन०) पुष्पपर्क, पुष्पका भीतरी भाग, फूलका कटोरा; दली, फूलके डण्ठलके चारों ओरके पत्तोंका गुच्छा, भीतरकी पत्तियाँ; फूलके सींकेका सिरा।

corollaceous a. पुष्पपर्क-सम्बन्धी; पत्तीसे समृद्ध, दलीय।

corollary n. स्वाभाविक परिणाम, सहज फल, नतीजा; तुरन्त निगमन, अनुमान; अतिरिक्त विषय; उपनिमेय, उपप्रमेय, उपसाध्य, उपलक्ष्य, उपसिद्धि; उपसिद्धान्त, अनुसिद्धान्त।

corollate, corolline aa. पुष्पपर्कमय, दलीवत्; दलीवान्; दलीय।

corona[1] n. (pl. *-ae*) परिवलय, सूर्यग्रहणके समय

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

चन्द्रमाके घेरेमें दिखायी देनेवाला प्रकाशमण्डल, तेजोमण्डल, (बत्तीका) झाड़, हाँड़ी; सूर्य या चन्द्रमाके चारों ओरका प्रभामण्डल, वलय; विद्युत्का कूर्च-निसर्ग; (श० र० शा०) शरीरके विभिन्न किरीटीय अवयव; (वन०) पुष्पमुकुट, दलीके भीतरी भाग या बीजके शिखरका किरीट, अनुबन्ध, मुकुट; (स्था०) प्राकारशीर्षका अंग, कँगनीका अंग; (गिरजेकी छतपरसे लटकाया जानेवाला चक्राकार) दीपवृक्ष, झाड़-फानूस।

corona[2] n. दक्षिण अमरीकी सिगरेटका वाणिज्य-चिह्न; चुरुट।

coronach n. करुण संगीत, शोक-गीत।

coronal[1] n. किरीट, शिरोभूषण, मुकुट; मण्डल; माला, हार, गजरा।

coronal[2] a. किरीटीय, कपाल-सम्बन्धी, मुकुट-सम्बन्धी; (वन०) पुष्पपर्क-सम्बन्धी, दलीय; ~suture (श० र० शा०) कपाल-सेवनी, शीर्ष-सीवन।

coronary a. किरीटीय, वलय-, ककुद्-, (~ *arteries*)।

coronate, -ated aa. (वन० शा० एवं प्राणिवि०) किरीट-युक्त, अनुबन्ध-युक्त, मुकुट-युक्त।

coronation n. राज्याभिषेक, अभिषेक, राजतिलक, सिंहासनारोहण (नये सम्राट्को ताज पहनानेकी प्रथा); ~-oath अभिषेक-शपथ।

coroner n. (मूलतः) सम्राट्की निजी सम्पत्तिके अधिकारोंकी व्यवस्था करनेवाला पदाधिकारी; मृत्युनैदानिक, अपमरणान्वेषक, अपमृत्युमीमांसक, अकालमृत्यु-परीक्षक, अपमृत्युकारण-निरूपक (अधिकारी); (भूमिमें गड़े हुए लावारिस) धनकी जाँच-पड़ताल करनेवाला कर्मचारी; ~'s inquest अकालमृत्यु-विचारणा।

coronership n. अकालमृत्युपरीक्षकका पद।

coronet n. मूल्यवान वस्तुका केशबन्ध, जूड़ेका फीता; मुकुटिका, मुकुटक, लघु-किरीट, छोटा ताज; माला, हार; (श० र० शा०) घोड़ेके टेवने (गुमची, अश्वखुरसन्धि) का निम्नतम भाग।

coroneted a. मुकुटयुक्त, मुकुटधारी, लघु-किरीटसे सुसज्जित, छोटा ताज पहने हुए।

coronium n. परिवलय-पदार्थ, सूर्यमण्डलीय तत्त्व।

coronoid a. वलित, काकचंचुवत्, (कौवेके) चोंचके समान।

corozo n. (pl. *-os*) गजदन्ततालु, अमेरिकाका ताड़ या खजूरका पेड़, दक्षिणी अमेरिकाका एक प्रकारका वृक्ष, कोरोसो; ~-nut इस वृक्षका फल या बीज।

corporal[1], **-as** n. कपड़ा (जिसपर रोमन कैथॉलिक ईसाइयोंके पर्वविशेषके अवसरपर पवित्र पदार्थ रखे जाते हैं)।

corporal[2] n. सेनाका छोटा आज्ञप्त अधिकारी, छोटा सैनिक कर्मचारी; *ship's* ~ नौसैनिक; the little C~ नैपोलियन प्रथम।

corporal[3] a. कायिक, दैहिक, पिण्डिक, शारीरिक, शरीर-सम्बन्धी, देह-सम्बन्धी (~ *punishment*); वैयक्तिक, व्यक्तिगत, निजी; ~ oath (प्रा०) किसी पवित्र उद्देश्य एवं वस्तुको हाथ लगाकर ली गयी शपथ, चरण माथा छूकर उठायी गयी शपथ।

corporality n. भौतिक अस्तित्व, दैहिक विद्यमानता, भौतिकता, शारीरिकता, शरीरत्व, देहत्व; भौतिक आवश्यकताएँ, क्रियाएँ आदि; शरीर, तन, देह, बदन।

corporalship n. सर्जेण्टके नीचेके अधिकारीका पद या कार्यालय।

corporate a. संघसम्बन्धी, सुसंगठन-सम्बन्धी; संघबद्ध, समवेत, निगमित, प्रतिष्ठित, संगठित, सुसंस्थित, सुसंसृष्ट, राजविधि द्वारा गठित (समवाय) (~ *body*); ~ town महापालिका-नगर।

corporation n. निगम, संस्थान, महानगरपालिका, महापालिका, पौरसंघ; वैधानिक एवं परम्पराधिकार द्वारा गठित निगम, नियम द्वारा गठित समाज एवं संघ; कम्पनी ⊙; (बोल०) उदर, पेट, तोंद।

~ agency, ~ aggregate, ~ association, ~ boundary, ~ boundary mark, ~ due, ~ forest, ~ office, ~ officer, ~ property, ~ sale, ~ school, ~ tax, ~ works.

corporative a. नैगम, निगमसम्बन्धी।

corporator n. संस्थानका सदस्य, निगमका सदस्य, महापालिकाका कार्यकर्त्ता।

corporeal a. पार्थिव, भौतिक, कायिक, दैहिक, जड़, शारीरिक, शरीरसम्बन्धी, देहसम्बन्धी; (का०) मूर्त्त, द्रव्यसम्बन्धी।

corporealise v.t. पार्थिव बनाना; शारीरिक रूपमें प्रकट करना।

corporeality n. पार्थिवता, भौतिकता, दैहिकता, शारीरिकता।

corporeity n. भौतिकभाव, भौतिक-पदार्थ, देहत्व, शरीरत्व, शारीरिक तत्त्व; भौतिकत्व, भौतिकता, जड़ता, जड़भाव, स्थूलत्व, स्थूलता, शारीरिक अच्छाई।

corposant n. प्रभागोलक, तूफानके समय जहाजके मस्तूलके सम्मुख दृष्टिगोचर होनेवाली एक प्रकारकी रोशनी।

corps n. जर्मनी विश्वविद्यालयकी विद्यार्थि-परिषद्, विद्यार्थि-संघ; अनीकिनी, अनीक, सैन्य-निकाय, सैन्य-गुल्म, सैन्य-दल, सैन्यपंक्ति, सेनाभाग, सेनाकी टुकड़ी, कोर, फौजका दस्ता; निकाय, दल, समूह; ~ de ballet नर्तक-समूह, नर्तक झुण्ड, नर्तकोंकी टुकड़ी, 'बैले' नृत्य करनेवालोंकी टोली।

corpse n. शव, मृतदेह, मृतशरीर, मुर्दा, लोथ, लाश; ~-candle मृदुज्ज्वल-दीपक, अरथीकी बत्ती, लोथ-बत्ती।

corpulence, corpulency nn. पीवरता, स्थूलत्व, स्थूलता, पीनता, मांसलता, भारीपन, मोटापा, मोटापन।

corpulent a. मांसल, स्थूलकाय; भारी शरीरवाला; पीवर, पीन, भारी, मोटा।

corpus n. (pl. *-pora*) ग्रन्थ-संग्रह, पुस्तक-संग्रह; काय, शरीर, देह; (श०र०शा०) पशुओंके शरीरका एक विशेष चिह्न, अंश; C~ Christi ईसाई-निकायका

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

प्रीति-भोज, दावत; ~ delicti कानून भंगके कारण; ~ juris न्यायविधान-संग्रह, विधान-संग्रह।

corpuscle, corpuscule n. कोश, रुधिरकोशा, लवाणु, अणु, लव, कण, कणिका, परमाणु, लेश, जर्रा; कणिका, देहाणु, दैहिक परमाणु, शरीरका सूक्ष्मतम अंश।

corpuscular a. कोशीय; पारमाण्विक, लवाण्विक, लवाणुमय, कणिका-सम्बन्धी।

corpuscularian n. & a. देहाणुविद्, परमाणुवादी।

corral १. n. घेरा, अहाता, बाड़ा, बाड़ (जंगली पशुओंको पकड़नेके लिए); यान-शिविर, पड़ावमें गाड़ियोंके लिए सुरक्षित अहाता, गाड़ीखाना; (अमेरिका आदिमें) पशु-शाला, गोष्ठ, पशुओंका बाड़ा; २. v.t. गाड़ीखाना बनाना, पशुशाला बनाना, बाड़ा बनाना; पशुशालामें बन्द करना, बाड़ेमें बन्द करना, घेरेमें रखना; झपटकर धरना या पकड़ना ⊙।

correct[1] v.t. संशोधन करना, प्रस्तावको परिवर्तित करना, दोष-शोधन करना, शोधना, रद्दो-बदल करना (सुधारके लिए), (दोष या त्रुटिका) सुधार करना, निर्दोष बनाना, शुद्ध करना, शोधित करना; क्रममें रखना, सुधारना, सही करना, ठीक करना, दुरुस्त करना; अनुबोधन करना, दोष सूचित करना, जताना, बता देना, पहलेसे परिचित कराना, झिड़कना (व्यक्तिको); निर्दोष करना, दोष निर्मोचन करना, दुर्गुणकी शुद्धि करना, लांछनसे विमोचित करना, (व्यक्तिकी) भूलका सुधार करना; प्रतिकरण करना, प्रतिकार करना, रोकना (हानिकारक चीजोंसे); दण्डविधान करना, शासित करना, शासन करना, दण्ड देना, ताड़ना, सजा देकर सुधारना, डाँट-डपट सुनाना, डाँटना, डपटना; (अन्य यन्त्रके) अनुरूप करना, सही करना, मिलाना (घड़ी, यन्त्र आदि)।

correct[2] a. परिशुद्ध, सुसाधु, सत्य, स्वच्छ, यथोचित, उचित, (शिष्टाचार, आचरण आदि); अवितथ्य, यथातथ्य, तथ्य, यथार्थ, सम्यक्, शुद्ध, अभ्रान्त, ठीक, अचूक, सही, दुरुस्त; उपयुक्त, अनुरूप, अनुकूल (रुचि आदिके); the ~ card (आ०) प्रतियोगिता या खेल-कूद आदिका कार्यक्रम (शिष्टाचार आदिका भी)।

corrected a. संशोधित, शोधित।

correcting n. & a. संशोधन, शोधन; परिशोधी।

correction n. संशोधन, शोधन, सुधार, दुरुस्ती; परिशुद्धि, शुद्धि, संशोधित वस्तु, सुधार की हुई वस्तु; दोष-गुण-विचार; निग्रह, दण्ड, शासन, डाँट-डपट, सजा (*house of* ~); *I speak under* ~ सम्भवतः यह ठीक न हो;

~ checker, ~ factor, ~ list, ~ sheet, ~ slip, ~ table.

correctional a. संशोधन-प्रवण, सुधारशील, सुधारी; शोधन-सम्बन्धी; दण्ड-सम्बन्धी।

correctitude n. संशुद्धि, परिशुद्धि, निर्दोषाचरण, निर्दोषता, साधुता, परिशुद्ध; शिष्टाचार, चरित्रकी शुद्धता।

corrective n. & a. संशोधनक्षम, शोधक, संशोधनात्मक, प्रतीकारक, दुरुस्त करनेवाला (पदार्थ)।

correctness n. यथातथ्यता, तथ्यता, सत्यता, निर्दोषता, शुद्धता, सुसाधुता, स्वच्छता।

corrector n. प्रतीकारक, संशोधक, सुधारक, शोधक; आलोचक; संवाद-नियन्त्रक, समाचार-निरीक्षक; दण्डक, दण्ड देनेवाला; ~ of the press प्रूफशोधक, प्रूफ पढ़नेवाला, प्रूफरीडर।

corregidor n. स्पेनी मुख्य दण्डाधिकारी।

correlate[1] n. सहबद्ध, अन्योन्यसम्बन्धी, परस्पर सम्बन्धित।

correlate[2] v.t. & i. सहसम्बद्ध करना, सहसम्बन्ध रखना, इतरेतर सम्बन्ध होना, परस्पर सम्बन्धयुक्त होना, पारस्परिक सम्बन्ध स्थापित करना, साझेका व्यवहार होना।

correlated a. सहसम्बद्ध, सम्बन्धित।

correlation n. सहसम्बन्ध, अन्योन्यसम्बन्ध, परस्पर सम्बन्ध।

correlative १. n. अन्योन्याश्रयी, अन्योन्याश्रित शब्द या वस्तु, परस्पर-सम्बद्ध शब्द; अन्योन्यान्वय; २. a. (व्या०) सापेक्ष, अन्योन्याश्रित, इतरेतर-सम्बन्धी, परस्पर-सम्बद्ध; अनुरूप, सदृश, एक-सा, एक-जैसा।

correlativeness n. सम्बद्धता, अन्योन्याश्रयिता, परस्पराश्रितत्व; पारस्परिकता।

correlativity n. अन्योन्यसम्बद्धता, सम्बद्धता।

correption n. उच्चारण-ह्रस्वीकरण; डाँट, डपट, निन्दा, तिरस्कार।

correspond v. i. चिट्ठी-पत्री लिखना, संवाद देना, पत्रव्यवहार होना या करना; सदृश होना, समरूप होना, समान होना, एक ही प्रकारका होना, एक-जैसा होना, एक-सा होना; सम्वादी होना, उपयुक्त होना, अनुरूप होना, ऐक्य होना, एकतालका होना, अनुकूल होना, एकमत होना, एकरूप होना, एक होना, जोड़का होना (पद, धन आदिमें)।

correspondence, -cy nn. पत्र-विनिमय, पत्र-संवाद, पत्राचार, पत्र-व्यवहार, चिट्ठी-पत्री; संवाद, लिखित-सन्देश; संवादिता, तदनुरूपता, (परस्पर) संसर्ग, सम्पर्क, अनुरूपता, सादृश्य, समानता, गठ-जोड़; ~ school पत्र-व्यवहार-विद्यालय, (जिसमें पत्र-विनिमय द्वारा शिक्षा दी जाय);

~ branch, ~ charge, ~ clerk, ~ form, ~ register, ~ section.

correspondent १. n. पत्राधिकारी; वार्ताहर, वृत्तदाता, संवाददाता, संवाद भेजनेवाला (समाचार पत्र आदिका जैसे, *war*-~); नियमितरूपसे दूसरेसे सम्बन्ध रखनेवाली संस्था या व्यक्ति (व्यवसायिक); २. a. तत्संवादी, संवादी, तत्स्थानी, अनुरूप, तुल्य, जवाबी।

corresponding a. पत्रव्यवहारी; तद्विध, तत्स्थानी, संवादी, तत्संवादी, तदनुरूप, तत्संबद्ध, संगत;

~ member संवादी सदस्य (विद्वत्परिषद् आदिका अवैतनिक सदस्य)।

corridor n. (मकानोंमें आगे या कुछ बाहर निकला हुआ

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

छायादार) छज्जा, छत्ता, दालान; दीर्घा, सम्पथ, कमरोंके बीचका पथ, गलियारा; (अर्थ० शा०) किसी राज्य एवं देशमेंसे होकर जानेवाला संकीर्ण पथ (*Polish* ~)।

corrie n. गह्वरा, कूपक, पर्वत-विवर, पर्वतीय प्रदेशमें वृत्ताकार विवर, गोल सूराख खोंचा।

corrigendum n. (pl. *-da*) शुद्धिपत्र, शोध्य स्थल; संशोधन, सुधार।

corrigent a. & n. शोधक; (चिकित्सा०) शोधक (ओषधि)।

crowd[1] n. जनता, जनसमूह, वृन्द, झुण्ड, जमघट, ठट, भीड़ भड़क्का; ढेर (वस्तुओंका); (बोल०) संघ, दल, गिरोह, टोली, टुकड़ी, गुट, साथवाले; ~ of sail (नौवि०) बहुतसे बादबान; *would pass in a ~* कोई विशेष बुरा नहीं है।

crowd[2] v.t. & i. संकुलित होना, संग्रह करना या होना, भीड़-भाड़ करना या होना, इकट्ठा करना या होना, जमा करना या होना, ठसाठस भरना; खूब कसकर भरना, भर जाना, ठस जाना, धँसना ⊙; घुसाना, घुसेड़ना, ठूँसना (व्यक्ति, वस्तु, आदिको); अपने लिए जगह निकालते हुए अन्दर घुसना या आगे बढ़ना; (नौवि०) तेज बढ़ना, बढ़े चलना (जहाजों या नाविक-दलका); ~ *out* बाहर हो जाना, स्थान न मिलना, रह जाना (अधिक भीड़के कारण); ~ *sail* बहुतसे पाल या बादबान फैला देना।

crowded a. संकुल, भीड़ वाला, खचाखच भरा हुआ (~ *street*); हाँका हुआ ⊙; सघन, घन, घना (~ *wood*)।

crowdie, crowdy n. सत्तू, दलिया; शष्कुली, सूखा मांस।

crown[1] १. n. किरीट, राजमुकुट, ताज; (ला०) सम्राट् या सम्राज्ञी, राजा; (राजतन्त्रमें) सर्वोपरि राज्य-शक्ति; राजस्वाधिकार, बादशाही; मुकुटके आकारका कोई भी आभूषण; फूलों आदिका हार, माला; कागजकी नाप (१५×२० इंच); (अंग्रेजी मुद्रा) पाँच शिलिंग; विदेशी मुद्रा; उद्दन्त, उपरिदन्त, दन्तशिखर, दाँतका वह भाग (जो मसूड़ेसे बाहर होता है); टोपीका सिरा; (तराशी हुई) मणिकी मेखलाका ऊपरी भाग, हीरेकी चोटी; सर्वोच्च या मध्य भाग (मेहराब या मेहराबी इमारतका) (~ of the *causeway*); मूर्द्धा, शिखा, शिखर, सर्वोच्च भाग, चोटी; पूरा सिरा; पर्णच्छित्र, छत्र; ~ antler उच्चतम शृंग; ~ and anchor पासे आदिसे खेला जानेवाला जुएका खेलविशेष; C~ colony सम्राट्-धीन उपनिवेश, राज-उपनिवेश (जो सीधे सम्राट्के शासनमें हों); C~ Derby चीनीके बर्तन विशेष (जो डरबीमें बनते हैं और जिनपर प्रायः ताजका निशान बना देते हैं); ~-glass बिसीस काँच, गोल-शीशा (खिड़कियों आदिमें लगानेका); ~ imperial एक पौधा; ~ land राज-भूमि, राजकीय भूमि; ~ law सम्राट्-विधि, दण्ड-विधि, दण्डविधान; ~ lawyer सम्राट्-विधिवक्ता, राजाधिवक्ता, सरकारी वकील; C~ Office सम्राट्-दण्डालय, राजाका कार्यालय (इंग्लैण्डकी बड़ी अदालतका एक विभाग), दीवानी अदालत; ~-paper २० इंच लम्बा १५ इंच चौड़ा कागज; ~-piece = ५ शिलिंग; C~ Prince, C~ Princess युवराज, युवराज्ञी, युवरानी, युवराज-पत्नी; ~ saw गोल आरा; ~-wheel उद्दन्त-चक्र, सीधे दनदानोंका पहिया; ~ witness शाही गवाह, सरकारी गवाह; *no cross no ~* दुःख बिना राज नहीं, तकलीफ बिना ताज नहीं;

~-bound, ~ canopy, ~ case, ~ class, ~ contract, ~ debts, ~ differentiation, ~ fire, ~ form, ~ grant, ~ jewel, ~ length, ~ liabilities, ~ plate, ~ pleader, ~ property, ~ prosecutor, ~ representative, ~ revenues, ~ side, C~ Solicitor, ~ space, ~ stay, ~ thinning, ~ width.

crown[2] v.t. अभिषेक करना, राज्याभिषिक्त करना; (~ *him king*), मुकुट पहनाना, ताज पहनाना; सुशोभित करना; सम्मानित करना; शिरोमणि होना, शिखरपर रहना, सर्वोच्च स्थानपर रहना, सबसे बढ़कर होना; सम्पूर्ण करना, समाप्त करना (*to ~ all*); (ला०) प्रतिफल देना, पारितोषिक देना, पुरस्कार देना, इनाम देना; सब प्रयत्न फलीभूत करना, सफलता प्राप्त करना; (शतरंजकी भाँतिके एक खेलमें) मोहरेको बादशाह बनाना; ~ *a tooth* दन्तशिखरक चढ़ाना, त्रुटिपूर्ण दाँतकी सुरक्षा के लिए उसपर सोने आदिका टोप चढ़ाना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

crowned n. किरीटधारी, ताज पहने आदि (क्रियागत अर्थोंमें); C~ Heads सम्राट् और साम्राज्ञी; high, low-~ ऊँचे, नीचे चँदवेवाली (टोपी); *the efforts were ~ with success* समस्त प्रयत्न सफलीभूत हुए।

crowner n. दे० CORONER.

crownet n. =CORONET.

crowning a. & n. परिपूरक, सर्वोच्च; परिपूर्ति, सिरा, अन्त।

crownless a. मुकुटहीन, बेताज; शिखरहीन; दरिद्र।

croydon n. द्विचक्रा वाहनी, एक प्रकारकी दोपहिया गाड़ी।

croze n. पीपों आदिकी मरम्मत करनेवालोंका एक औजार, शिल्पि-यन्त्र; पीपेके लिए कटावदार जगह।

crucial a. प्रामाणिक, निर्णायक, निश्चायक, महत्त्वपूर्ण; (~ *test*) उत्कट, दुःसाध्य, संकटमय, कठिन; (श० र० शा०) (कटाव) आरपार, तिरछे आकारका (~ *incision*)।

crucian, -sian n. पक्षी-विशेष।

cruciate a. (वन०) स्वस्तिकाकार।

crucible n. मूषा; कुठाली (मिट्टीकी), घड़िया, घरिया; (ला०) कठोर परीक्षा, कड़ी जाँच; ~steel कड़ा इस्पात; ~ clip, ~ furnace, ~ process, ~ support, ~ tongs.

crucifer a. क्रूस (सलीब) उठानेवाला; (वन०) राजिका-कुल, शलगम, गण्डगोभी आदि पौधे।

cruciferous a. (वन०) राजिकाकुलका (फूलोंकी एक जाति जिसमें चार पंखुड़ियाँ सलीबाकार होती हैं); सलीबदार क्रॉससे आभूषित, सलीब पहने।

crucifix n. सलीब, क्रॉस, क्रूस; क्रॉसपर प्रभु ईसाकी मूर्त्ति।

crucifixion n. सूलीपर मृत्युदण्ड, सूली चढ़ाना; सूलीका चित्र; the C~ ईसाप्रभुका सूलीपर चढ़ाया जाना।

cruciform a. स्वस्तिक रूप, स्वस्तिकाकार, काकार, सलीब आकारका, क्रॉसके आकारका।

crucify v.t. सलीबपर मृत्युदण्ड देना, सूलीपर चढ़ाना; गर्व चूर्ण करना; (सेना०) (सैनिकोंका एक प्रकारका दण्ड) उनके हाथ बाँधकर सलीबाकार बनाना; निग्रह करना, दमन करना, इन्द्रियोंको वशमें करना, दबाना (दोषों आदिका)।

crude a. अपरिपक्व, अनपका, अपक्व, कच्चा, खाम (भोजनादि); अपरिष्कृत (~ *form, oil, rubber*), अशोधित, अमार्जित; (ला०) रूक्ष, सूखा, अनपचा; प्राकृतिक; अशिष्ट, असंस्कृत, असभ्य, अभद्र, अविनीत, उद्धत, धृष्ट, लण्ठ, उजड्ड।

crudeness, crudity nn. अपक्वता, कच्चापन; अपमार्जितता; रूखापन, रुखाई; अशिष्टता, उजड्डपन।

cruel* a. नृशंस, निर्दय*, हिंस्र, बर्बर, निष्ठुर, निष्करुण, क्रूर, निर्घृण, जालिम, बेदर्द; कठोर, दयाहीन (कर्म); कष्टजनक, कष्टकर, कष्टमय, पीड़ाकर, दर्दनाक।

cruelty n. नृशंसता, निर्दयता, हिंसा; निष्ठुरता, निष्करुणत्व, क्रूरता, दयाहीनता।

cruet n. क्रूपिका, छोटी बोतल या सिरकादानी; मदिरा या पानीका छोटा चषक; ~-stand लटकनी, बोतल-दानी।

cruise १. n. पोत-भ्रमण, समुद्र-पर्यटन, समुद्री पर्यटन, जलयात्रा, समुद्री गश्त; पर्यटन, अभियान, स्थलयात्रा, तीर्थयात्रा, यात्रा, फेरा; २. v. i. समुद्री परिभ्रमण करना, शत्रुओंके जहाजकी तलाशमें आवारा घूमना, जहाज फिराना (लूटमार, सुरक्षा अथवा पर्यटनके हेतु), इधर-उधर फिरना, समुद्री गश्त लगाना (ला० भी); (वायुयानका) मौजसे उड़ना।

cruiser n. योधन, रणनौ, युद्धपोत, जंगी जहाज, क्रूजर; armoured ~ सशस्त्र युद्धपोत, (कचित्) क्रूजर (लघु शस्त्रोंवाला); ~ weight न हलका न भारी, २ मनसे कम बोझ; protected ~ सुरक्षित तलवाला जहाज; unprotected ~ अरक्षित तलवाला जहाज।

cruising n. समुद्र-पर्यटन, गश्त।

cruive n. मछली पकड़नेका जंगला।

crumb १. n. अवचूर्ण; (रोटीका) सारभाग, गूदा; खण्ड, छोटे टुकड़े (रोटीके); (शा० एवं ला०) कणिका, कण, किनका (सुख आदिका); २. v.t. अतिशय छोटे-छोटे टुकड़े करना, रोटीके टुकड़े-टुकड़े करना, रोटीके किनके बिखेरना; ~-brush टुकड़े बुहारनेका ब्रुश; ~-cloth कालीनके ऊपर फैलाया (बिछाया) जानेवाला कपड़ा।

crumble v.t. & i. जीर्ण होना, अवचूर्णन करना, खण्ड-खण्ड होना, टुकड़े-टुकड़े करना या होना, भुरभुरा होना, चूर-चूर करना या होना, तोड़ना, टूटना (शा० एवं ला०); क्षय होना, नाश होना।

crumbling a. जीर्ण (~ *page*)।

crumbly a. भंगुर, भुरभुरा, टुटहा, चूर्ण हो जानेवाला, टूटनेवाला।

crumby a. अवचूर्णीय (~ *structure*); खण्डमय, टुकड़े-टुकड़े; गूदेदार।

crummy a. (ग्रा०) (महिला) हृष्ट-पुष्ट, स्थूल, मोटी; धनवान्, धनी, मालदार।

crump १. n. फटते हुए गोले एवं बमकी ध्वनि, पटाख, आवाज; (सेना०, ग्रा०) पटाखा, फटता हुआ गोला; जोरकी मार (चोट), धड़ामसे गिरना; २. v.t. (बोल०) पटाख करके पीटना, जोरसे मारना।

crumpet n. (लोहेके तवेपर पकायी गयी) रोटी, कुलचा, केक (मैदे, अण्डे या दूध की); (ग्रा०) सिर।

crumple v.t. & i. संकुचित करना या होना, चुनट पड़ जानेतक दबाना, मरोड़ देना, लताड़ देना, पिसना, पीस डालना, रौंदना, मुर्ता बना देना, सिकोड़ना, सिकुड़ना; झुर्री डालना, ऐंठना, शिकन पड़ना; कुंचित करना, चुनट पड़ जाना; (ला०) रह जाना, टूट जाना।

crumpled a. अतिवलित, झुर्रीदार, कुंचित, चुनटदार।

crunch १. n. चरमराहट, चरमर (आवाज); २. v.t. & i. रगड़से मार्ग पार करना या चले जाना, रौंदते हुए

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

घुसना; (रगड़कर) घिसना, कूटना, (पैरके नीचे पत्थर आदिको) रौंदना, दबाना, पीसना, चबाना।

cruor n. आतंच, जमा हुआ खून।

crupper n. पुच्छबन्ध, दुमची (घोड़ेकी); घोड़ेके नितम्ब-भाग या चूतड़।

crural a. (श० र० शा०) साक्थिक, जंघीय, जंघा-सम्बन्धी, पाद-सम्बन्धी; ~ canal ऊरु-कुल्या; ~ gland जंघाग्रन्थि।

crusade १. n. धर्मयुद्ध; दुःसाहसिक कर्म; (इति०) मुस्लिम-युद्ध, जिहाद, सलीबी युद्ध (अपने तीर्थस्थान मुसलमानोंसे लेनेके लिए); (ला०) किसी अनैतिकताके विरुद्ध विद्रोह (*Temperance* ~); २. v. i. धर्मयुद्धमें लगना।

crusader n धर्मयोद्धा।

crusado n. पुर्तगालकी एक रजत-मुद्रा, चाँदीका (सलीबदार) सिक्का।

cruse n. (प्रा०) मृण्मयपात्र, मटकी, हण्डी, हाँड़ी, झारी, बोतल (मिट्टीकी); widow's ~ अक्षय भण्डार, ढेर।

crush[1] n. परास्त करने, दबाने, कुचलनेकी क्रिया; प्रबल चाप; जनसंकुल, जनसम्मर्द, जमघट, भीड़-भाड़; (बोल०) जनसमूह, भरपूर जनता; (आस्ट्रेलिया) झाड़दार मार्ग (जिससे पशुओंको दागनेके लिए एक पंक्तिमें लिया जाता है); इसी प्रकारका एक तंग रास्ता; ~-barrier भीड़ रोकनेकी आड़; ~ hat संकोचनशील टोपी; ~-room विचरण-स्थान, नृत्यशाला आदिमें मौजके लिए बना हुआ कमरा, दालान; *have a ~ on* (ग्रा०) किसीके साथ प्रेमासक्त होना, प्यार करना।

crush[2]* v.t. & i. सम्मर्दन करना*, दलित करना, चूर-चूर करना, कुचलना*, रौंदना, दबाना, पीसना; पीड़न करना, पेरना; (ला०) वशीभूत करना, अधीन करना, अभिभूत करना, परास्त करना, कुचल डालना, हराना; चुनट पड़ जाना, मसलना (कपड़े आदिको); बलपूर्वक अग्रसर होना, बलपूर्वक रास्ता पा लेना, दबाव डालकर आगे बढ़ना; ~ *a cup of wine* मदिरा पीना, शराब चढ़ा जाना; ~ *out* नष्ट करना, मिटा देना, तहस-नहस करना।

crushed a. सम्मर्दित, दलित (~ *bone*)।

crusher n. दलित्र, कुचलनेवाला (यन्त्र)।

crushing a. & n. पीडक, पीडन (*a ~ defeat, reply*); दलन (~ *by snow*); ~ establishment तेलघानी;

~ charges, ~ equipment, ~ industry, ~ machine, ~ mill, ~ season.

crust १. n. वल्क, खोल, खुरण्ड, छाल; कचौड़ी-विशेषकी परत; भूपृष्ठ, भूपर्पटी, पर्पटी, छिलका, पापड़, पपड़ी (किसी भी वस्तुकी); कठिन आवरण; रोटीका सूखा टुकड़ा; (पौधे या पशुका) बाह्य पटल, खाल; (ला०) (कोई भी) अतिरिक्त अथवा ऊपरी वस्तु; (भूगर्भ०) स्तर, पृथ्वी-की ऊपरी परत; २. v.t. & i. छिलका डालना, छिलकेसे ढाँकना, परत जमाना, पपड़ीसे ढँकना; कठिन आवरण द्वारा आच्छादित करना; खोल जमना, छिलका आ जाना, पपड़ी जम जाना, पपड़ी पड़ना; ~-hunt बारह-सिंगेका आखेट, शिकार (जो जमी हुई बर्फपर खेलते हैं); ~ of wine शराबकी झुकड़ी, फफूँदी (जो बोतलके पहलुओंपर जम जाती है)।

Crustacea n. pl. कठिनि-वर्ग, वल्कमय जलचर (केकड़े, मछली आदि)।

crustaceology n. वल्कजीव-विज्ञान।

crustaceous a. वल्कवत्, पर्पटीय, पपड़ीवाला, पपड़ी-जैसा, छिलकेदार; कठिन आवरण (जीवसम्बन्धी); अस्थि-कोशयुक्त (जन्तुसम्बन्धी), कठोर पपड़ीवाला।

crustate n. पपड़ीदार; = CRUSTACEOUS.

crusted a. पपड़ीवाला, परतवाला, छिलकेदार; फफूँदी लगी हुई (मदिरा); (ला०) पूज्य, मान्यवर, श्रद्धास्पद, सम्माननीय; प्राचीन (~ *prejudice, theory*)।

crustiness n. कड़ापन, कड़ाई, चिड़चिड़ापन, रूखापन।

crusty a. वल्कवत्, कड़ा, सख्त खोलवाला, कड़ी पपड़ीवाला; कठिनावरणयुक्त, कठिन; कर्कश, शीघ्रक्रोधी, चिड़चिड़ा, रूखा।

crutch n. मानव शरीरका विशाख, काँटा; औरतोंके लिए घुड़सवारीकी जीनमें टाँगके अवलम्बनके लिए दो नोकवाला सहारा; अवलम्ब, आधार, सहारा, टेक, थूनी (शा० एवं ला०); खजयष्टि, सहारेकी लकड़ी, लँगड़ेकी लकड़ी, बैसाखी; विभिन्न प्रकारके काँटेदार यन्त्र, औजार; आड़ी-बेड़ी लकड़ी।

crutched a. अवलम्बित, सहारा लिये, बैसाखी लिये।

Crutched Friars n. गलेमें सलीब डाले रहनेवाला, ईसाई साधुओंका एक समुदाय; लन्दनमें इन साधुओंके मठका अवस्थान।

crux n. स्वस्तिका; गूढ़ विषय, कठिन समस्या, पहेली, पेचीदा मामला; अतिशय संकट।

cruzeiro n. एक ब्राजीली सिक्का, = चार आने।

cry[1] n. (शोक, पीड़ा, भय, हर्षका) क्रन्दन, कोलाहल, चीख, हल्ला, चिल्लाहट, रुलाई, शोर; जनताकी पुकार, जनताकी ललकार, आम आवाज; प्रार्थना, विनती, पुकार; घोषणा, बोली, मुनादी, आवाज (सामान बाजारमें बिकने की); जनप्रवाद, लोकवार्ता, चर्चा, अफवाह, बाजार; प्रत्यय शब्द, सांकेतिक शब्द (*war-~*); शिकारी कुत्तोंकी चिल्लाहट, चीख (ला० भी) (*full ~*); रोना-धोना, वावैला; a far ~ बहुत दूरी, दूरकी बात; ~-baby शिशुवत् क्रन्दन करनेवाला; बच्चोंकी भाँति रोनेवाला; *follow in the ~* नगण्य व्यक्तियोंके जमघटका अनुयायी होना; *much ~ and little wool* व्यर्थकी खलबली, मिथ्या हाहाकार; ऊँची दुकान फीका पकवान; *within ~* आवाजकी पहुँचके भीतर।

cry[2]* v.t. & i. क्रन्दन करना, रुदन करना, रोना*; चीत्कार करना, कोलाहल करना, चीखना, चिल्लाना*; उच्च स्वरसे बोलना, जोरसे चिल्लाना, आवाज देना (~ *out*); (जन्तुओंका) जोरसे पुकारना, चीं-चीं करना, आवाज निकालना; (बेचनेकी वस्तुका नाम लेकर) घोषणा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

करना, हाँक मारना; भौं-भौं करना, भूँकना (शिकारी कुत्तोंका); अप्राप्य वस्तुके लिए इच्छा करना, हठ करना, मचलना, अड़ना, माँगना, चाहना, जिद्द करना (~ *for the moon*); ~ *down* अवज्ञा करना, उपेक्षा करना, तिरस्कृत करना, निन्दा करना; ~ *halves* साझा करना, आधों-आधकी ठहराना, हिस्सा माँगना; ~ *off* हाथ धो लेना, खो देना; ~ *oneself to sleep* रोते-रोते सो जाना; ~ *one's heart out, ~ bitter tears* क्रन्दन करना, आँसू बहाना, फूट-फूटकर रोना, रोना; ~ *over spilt milk* वृथा पश्चात्ताप करना, बीती बातोंके लिए मिथ्या शोच करना; ~ *quits* किसी वस्तुको बराबर घोषित करना; ~ *shame upon* प्रतिवाद करना, खण्डन करना, विरोध करना (व्यक्ति आदिका); ~ *stinking fish* अपनी छाछको खट्टी बताना, स्वयं अपने मालको बुरा बताना; ~ *up* प्रशंसा करना, बढ़ाकर कहना, बढ़ाना चढ़ाना।

crying n. चिल्लाना आदि (क्रियागत अर्थोंमें); (विशे० अपकर्म) आकर्षणकारी; प्रज्वल, प्रतीकार योग्य, खुला (दोष), ध्यान देने योग्य।

cryogen n. बर्फमें मिश्रित वस्तु (जमानेके लिए); (रसा०) तुषार-जनक, तुषार-जन, हिमजनक, हिमजन, बर्फ जमानेवाला मिश्रण।

cryolite n. तुषारिज, हिमाश्म, क्रायोलाइट (~ *glass*)।

cryometer n. प्रशीत-मान, न्यूनतम तापमापक, थर्मामीटर।

cryophorus n. श्यान-कन्द, पानी जमानेका यन्त्र।

crypt n. गर्त, गुहा; तलगृह, तलघर, भुइँधरा, तहखाना, गिरजाके नीचे कब्र।

cryptaesthesia n. (मनोवि०) दैवी दूरेक्षण-शक्ति, असाधारण भेदी दृष्टि, पैनी दृष्टि, अद्भुत दृष्टि।

cryptarchy n. गुप्त सरकार।

cryptic a. रहस्यमय, प्रच्छन्न, गुह्य, गोप्य, गोपनीय, गुप्त, निगूढ़, गूढ़ार्थक, अस्पष्ट, अप्रकट, आच्छादित।

cryptogam n. अपुष्पोद्भिद्, पुष्पहीन वनस्पति, अदृश्यबीज वनस्पति, बे-फूलका पौधा।

Cryptogamia n. अपुष्पोद्भिद्; परागहीन पौधे।

cryptogamic, cryptogamous aa. पुष्पहीन, बेफूलका।

cryptogamist n. पुष्पहीन वनस्पतिका जानकार।

cryptogamy n. पुष्पहीन-वनस्पति-विज्ञान।

cryptogram, -graph nn. सांकेतिक लेख, गुप्त लेख।

cryptographer n. संकेत-लेखक, गुप्तलेखक।

cryptographic, -al aa. सांकेतिक लेखका, गुप्त लेख-सम्बन्धी, गुप्तलेखबद्ध।

cryptography n. कूटभाषा, सांकेतिक लेखनविद्या, गुप्तलेखन-विद्या।

cryptology n. गुप्त विद्या, गुप्त भाषा।

cryptomeria n. शंकदारु, जापान देशका एक पौधा।

cryptonym n. गुप्त सभाओंमें लिया जानेवाला नाम, संकेत-नाम।

crystal १. n. (रसा०, खनिज०) सीस, सीसा ⊙; स्फटिकाश्म, मणिभ, स्फटिक, स्फट, केलास, रवा, बिल्लौर, क्रिस्टल; स्फटिकांश; (का०) कोई भी स्वच्छ, पारदर्शक, विमल वस्तु; स्फटिक काँच-पात्र आदि; २. a. स्फटिकाभ, विमल, स्फटात्मक, स्फट-सदृश, स्फटिकात्मक, स्फटिक सदृश, बिल्लौर जैसा; ~ clear स्फटवत् स्वच्छ, अतिस्वच्छ; ~-gazing विमल दृष्टि; ~ glass स्फटिक काँच, बिल्लौरी शीशा; C~ Palace इंग्लैण्डकी एक शीशे और लोहेकी इमारत, "शीश महल"; ~ set 'बेतारके तार'का छोटा रेडियो; rock-~ विमल स्फटिकाश्म, बिल्लौरका टुकड़ा;

~ face, ~ form, ~ grey, ~ lattice, ~ malt, ~ sugar, ~ vision, ~ water.

crystallic a. स्फटनिक, स्फाट, बिल्लौरी, रवेदार।

crystalliferous a. स्फटयुक्त, बिल्लौरवाला, रवेदार।

crystalline a. स्फटाच्छ; मणिभ, मणिभाकार, स्फट पारदर्श, स्वच्छ, स्फट्य, स्फाट, स्फटात्मक, स्फटिकवत्, स्फटिकमय, बिल्लौर जैसा स्वच्छ; ~ lens of eye स्फट-वीक्ष, नेत्रकाच, पारदर्शक अवयव।

crystallinity n. स्फटनत्व, स्फाटता।

crystallite n. आदिस्फट, छोटा बिल्लौर।

crystallizability n. स्फटन-योग्यता।

crystallizable a. स्फटनीय, रवा बनानेवाला।

crystallization n. स्फटिकीकरण, केलासीकरण, स्फटन, मणिभीकरण, स्फटना, रवा बनाना।

crystallize v.t. & i. स्फट रोपण करना, स्फटमय बनाना, स्फटिक रूपमें घनीभूत करना या होना, मणिभ (रवा) बनाना या बनना, केलास या बिल्लौर बनाना; (ला०) स्थायी रूप धारण करना।

crystallized a. स्फटित (~ *ginger*); ~ fruit चीनीमें घनीभूत किया हुआ फल, रवेदार मेवा।

crystallizer n. स्फटयिता, स्फटकर; स्फटन-पात्र।

crystallizing a. स्फटन- (~ *dish*)।

crystallogenic a. स्फट-जनक।

crystallogeny n. स्फाटजनिकी, केलासनिर्माण-विज्ञान।

crystallographer n. स्फटरूपज्ञ, स्फटरूपाध्येता, केलासविज्ञ, केलासविज्ञानी।

crystallographic a. स्फाटरूपिकीय।

crystallography n. स्फाटरूपिकी, केलासरूप-विज्ञान।

crystalloid n. & a. केलासाभ, त्रिलेयतुल्य, स्फटाभ, मणिभाकार; स्फटाभीय वस्तु, मणिभीय द्रव्य।

crystalloidal a. स्फटाभीय, केलास जैसा।

crystallology n. स्फाटिकी, स्फटविज्ञान, केलास-रचनाशास्त्र।

crystallomancy n. स्फट-ज्यौतिष, पारदर्शक पिण्डके बारेमें खोज।

csardas n. एक नृत्य (हंगरीमें)।

ctene n. कुछ जलचरोंमें एक विशेष सन्तरण-अवयव।

ctenodent a. कंकतदन्त, कंघी जैसे दाँतोंवाला।

ctenoid a. & n. कंकताभ, कंकताकार, कंघी जैसा (दाँत)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

cub १. n. वन पशु-शावक, रीछ या भालू या और किसी जंगली जानवरका बच्चा; लोमड़ीका बच्चा (*~-hunting*), बालचर, शिशुचर; अशिष्ट, असभ्य, बदतमीज बच्चा (प्रायः *unlicked ~*); २. v.t. & i. शावक प्रसव करना, लोमड़ी या अन्य वन-पशु-शावकका उत्पन्न होना।

cubage, cubature nn. घनफल।

cubbing n. शावक-संघटन; वन-पशु-शावकोंका आखेट, जंगली पशुओंके बच्चोंका शिकार।

cubbish a. शावक-जैसा; अशिष्ट, भद्दा, कुचाली।

cubby n. सुरक्षित अवस्थान, सुखकर स्थान (प्रायः *~-hole*)।

cube १. n. (गणित०) घनज, त्रिघात (*~ of 2*); बीजीय संकेत जैसे $२^३ = ८$, (*~ root of 8*) घन; घन-क्षेत्र; २. v.t. (किसी संख्याका) घन निकालना, घनसंख्या मालूम करना; (घनाकृतिका) घनमूल मालूम करना; घन बनाना।

cubeb n. गन्धमरिच, कबाबचीनी।

cubelet n. घनक, छोटा त्रिघात।

cubhood n. शावकत्व, शिशुकाल, बचपन।

cubic a. घनाकार, घन, घन-क्षेत्रफल-सम्बन्धी; त्रिघातीय, त्रिघाती, त्रिघात- (*~ equation*); *~ content of solid* (घनाकृतिका) घनफल; *~ root* घनमूल।

cubical a. घनाकार, त्रिघन, घातीय (*~ expansion*)।

cubicle n. (छात्रावासों, स्कूलों आदिमें) छोटा शयन-कक्ष।

cubiform a. घनक्षेत्राकार, घनाकार; त्रिघातीय, घनके सदृश।

cubing n. घनफल।

cubism n. घनसिद्धान्त; आयाम-(घन-)चित्रण।

cubist n. घनसिद्धान्त-शास्त्री, घन-सिद्धान्तका जानकार।

cubit n. एक हस्त परिमाण, हस्त, हाथ, अरलि, लम्बाईका एक प्राचीन माप १८ से २२ इंचतक।

cubital a. अग्रबाहुक, अरलीय, हाथ-सम्बन्धी, मनुष्य या पशुके हाथ या बाँहके अगले हिस्सेसे सम्बन्धित।

cubitus n. (श० र० शा०) अग्रबाहु, अग्रजंघा।

cuboid १. n. आयतज; घनाभ; २. a. घनास्थिका, घनाभ, घनाकार, घनक्षेत्र-सदृश (*~ bone*)।

cuboidal a. घनास्थि; घनाभ, आयतजीय, आयतजका।

cub-reporter ⊙ n. छोटा संवाददाता, जूनियर रिपोर्टर।

cucking-stool n. (इति०) गोता-कुर्सी, उपद्रवी महिलाओं आदिको बिठाकर (दण्डके लिए) डुबकी देनेकी चौकी।

cuckold १. n. जारिणीपति, भ्रष्टा स्त्रीका पति, कुलटा स्त्रीका पति, असती स्त्रीका स्वामी; २. v.t. जारिणीपति बनाना; कुलटा-स्त्रीका पति बनाना, परपुरुष सहवासमें स्वामीके प्रति अन्याय या अविचार करना।

cuckoldom n. व्यभिचार, पाजीपन, कुलटा-पति होनेकी अवस्था, स्त्रीकी गुलामी।

cuckoldry n. कुलटा-पतित्व, पाजीपन, गुलामी।

cuckoo १. n. पिक, कोकिला, कोकिल, कोयल; मूर्ख, बुद्धू, गोबरगणेश, उल्लू; २. a. (आ०) मूर्ख, झक्की; सनकी; *~ clock* कोयल घड़ी (जो कोयलका-सा शब्द करके बजती है); *~-flower* कोकिला-पुष्प, एक प्रकारका सफेद फूलोंवाला पौधा; *~-grass* वन-प्रनड; *~-pint* नारीश्वर, पौधोंका एक प्रकार; *~'s-eye* रक्तकर्षीमूल (पौधा); *~-shrike* कृष्णिका; *~'s joy* आम्र, आम; *~-spit* कीट-फेन।

cucullate, -ated a. (वन०, प्राणिवि०) फणाकार, फनके आकारका; छदिकाकार, टोपेके आकारका।

cucumber n. क्षीरक, खीरा; कर्कटी, कर्कटिका, ककड़ी; *cool as a ~* अतिशीतल; अविक्षुब्ध, शान्त, धीर।

cucumiform a. क्षीरकरूप, खीराके आकारवाला।

cucurbit[1] n. कूष्माण्ड, कुम्हड़ा, कोहड़ा; फूट।

cucurbit[2] n. कूष्माण्डाकार एक ओषधि-पात्र।

cucurbitaceous a. क्षीरककुलीय; कूष्माण्डवत्।

cud n. रोमन्थान्न, चर्व्य, जुगाली, पागुर; *chew the ~* रोमन्थन करना, जुगाली करना, पागुर करना; (ला०) ध्यानमग्न होना, उधेड़-बुनमें लगना, सोचना-विचारना।

cudbear n. शेपाल रंग, लाल या बैंगनी रंग; एक प्रकारकी काई।

cuddle १. n. आलिंगन, गलबहियाँ; २. v.t. & i. प्रगाढ़ आलिंगन करना, गले लगाना, लाड़-प्यार करना, आदर करना, बगलमें लेना; गलबहियाँ डालना; गले लगाके सोना, आरामसे सोना, परस्पर सटकर लेटना; कुण्डल-मुण्डल मारना, गुड़ी-मुड़ी होना, सिकुड़कर पड़ जाना।

cuddlesome, cuddly aa. आलिंगनीय, आलिंगनशील, गलबहियाँवाला, गुड़ी-मुड़ी।

cuddy[1] n. छोटी कोठरी, अलमारी, बड़े जहाजका आम कमरा, नावका छोटा कमरा।

cuddy[2] n. तिपाईपर लगा हुआ पत्थर आदिके लिए उत्तोलनयन्त्र; (स्कॉ०) गर्दभ, गधा, गदहा; मूढ़, मूर्ख, बेवकूफ; मछलीका बच्चा।

cudgel १. n. गदका, गदा, डण्डा, सोंटा; २. v.t. डण्डे लगाना, डण्डेसे पीटना; *~-play* गदायुद्ध, गदकेबाजी, पटाबाजी; *~ one's brains for* विचारनेका प्रयत्न करना, माथापच्ची करना, दिमाग लड़ाना; *take up the ~s for* (ला०) सुरक्षा करना, बचावके लिए लड़ना, बचाना।

cudgeler n. डण्डेबाज।

cue[1] n. अभिनेतव्य-अंश; शेष, अंश; इंगित, सूत्र, संकेत, वचन, नाटकमें एक अभिनेताके अन्तिम शब्द (जिनसे दूसरेको बोलनेका संकेत मिले); (का०) सूत्र, तान, टीप, (गायक आदिको ऐसा ही) संकेत; सूचना, इशारा; उचित मार्गका अवलम्बन।

cue[2] n. वेणी, चोटी, चुटिया (*queue* भी); अण्टेके खेल या बिलियर्डका डण्डा (*~ ball*)।

cueist n. अण्टेबाज, बिलियर्डका खिलाड़ी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

cuff[1] n. कलाई-पट्टी, आस्तीन (पहननेके कपड़ेका वह भाग जो बाँहको ढकता है), कफ; मणिबन्ध, मणि।

cuff[2] १. n. मुष्टिप्रहार, मुक्का, थप्पड़, तमाचा, घूँसा; २. v.t. मुष्टिप्रहार करना, मुक्का मारना, थप्पड़ मारना, तमाचा मारना, घूँसा मारना।

cuffed a. कफदार, कफवाली (कमीज)।

Cufic, K-, १. n. (प्रायः) शिलालेखोंमें पायी जानेवाली प्राचीन अरबी वर्णमाला; २. a. अरबी वर्णमालासे सम्बन्धित।

cuirass n. उरस्त्राण, वक्षस्त्राण, निचोलक, कवच, जिरह-बक्तर; अस्थिवर्म; सीनाबन्ध, सदरी या कुरती, अंगिया, चोली, वाडी, कंचुक।

cuirassier n. उरस्त्राणधारी सैनिक, कवचधारी, वर्मधारी, ओपची, कवचबन्द अश्वारोही।

cuisine n. रन्धनप्रणाली, पाकप्रणाली, पाकशैली, पकानेकी विधि; रन्धनशाला, पाकशाला; पाकशालाका प्रबन्ध।

cuisse n. उरु-वर्म, जंघाओंके लिए कवच।

culch n. कूड़ा-करकट, बेकार चीज।

culdee n. ईसाई साधुओंका एक सम्प्रदाय।

cul-de-sac n. बन्द गली।

culet n. हीरेकी कणीका चौड़ा तल।

Culex n. मशक, एक प्रकारका मच्छर।

culinary a. रन्धन-, पाक-सम्बन्धी, रन्धनशाला-सम्बन्धी, पाकशाला-सम्बन्धी; पाकयोग्य (*~ plants*)।

cull १. n. निकृष्ट, छाँटकर निकाला हुआ पशु; २. v.t. पुष्पादि चुनना, तोड़ना; प्रवरण करना, विचयन करना, छाँटकर निकालना, छाँटना, उठाना, अलग करना, चुनना।

cullender = COLANDER.

cullet n. त्रोट, जीर्ण काच।

cullion n. दुष्ट, शठ, शैतान, दुर्जन व्यक्ति।

cullionly a. दुष्ट, शठ, शैतान, बदमाश।

cullis n. मांसवाली शराब (शराब जिसमें मांस उबाला गया हो)।

cully n. (ग्रा०) मूर्ख, बुद्धू।

culm[1] n. कोयलेका चूरा।

culm[2] n. (वन०) काण्ड, सन्धिस्तम्भ, दण्डस्कन्ध, तना, नरकुल, पट्टा, डण्ठल।

culmen n. चंचुकोटि, चोंचका उभार।

culmiferous a. तृण-प्रकाण्ड-युक्त, बहु-डण्ठल-युक्त (पौधा)।

culminant a. शिखरका, चोटीका।

culminate v. i. परमकोटिको प्राप्त होना, पराकाष्ठाको प्राप्त होना, सर्वोच्च सीमा प्राप्त करना, उत्कर्ष प्राप्त होना, उच्च स्थान प्राप्त होना, ऊँचा चढ़ना (शा० एवं ला०); (ज्यो०) मध्याह्न रेखापर होना, शिखरपर पहुँचना।

culmination n. पराकोटि, पराकाष्ठा, उत्कर्ष, शिखर, चोटी; प्रोन्नत प्रदेश; उपरिगमन।

culpa n. (कानून) प्रमाद; दोष, अभियोग।

culpability, culpableness nn. अभियोज्यता, वाच्यता, दण्ड्यता, सदोषता।

culpable a. अभियोज्य, वाच्य, निन्द्य, दोषावह, दोषपूर्ण, सदोष, दण्ड्य, दण्डनीय, दण्डयोग्य (*~ negligence, hold him ~*); कृतापराध, अपराधी; आपराधिक।

culpatory a. अपराधशील, दोषसूचक, दोष या निन्दाका सूचक।

culprit n. (धर्मासनके पास उपस्थित) अपराधी, पापी; अभियुक्त, दोषी, अपराधी व्यक्ति।

cult n. धर्मसम्प्रदाय, धार्मिक मत, धर्ममत; (*the ~ of*) उपासना, भक्ति, पूजा (व्यक्ति या वस्तुकी)।

cultch n. कूड़ा, = CULCH.

cultivable a. कृष्य, हल्य, कृषियोग्य, खेतीके योग्य, काश्तके योग्य; आवर्धनीय, वृद्धियोग्य।

cultivate v.t. कृषि करना, खेती करना, जोतना-बोना; जमीन तैयार करना, खेती करना, जोताई करना; (ला०) उच्चतर बनाना, संवर्धित करना, उन्नति करना, सुधारना, बढ़ाना, बढ़ना, आवर्धित करना, सँवारना, उबारना (व्यक्ति, मन, स्वभावों आदिको); स्नेहसे पालना, प्रिय समझना, दिलमें रखना; ध्यान देना।

cultivated a. आवर्धित, कृष्ट (*~ area*)।

cultivating a. खेतिहर, खेती करनेवाला (*~ classes*)।

cultivation n. कर्षण, कृषिकार्य, कृषि, कृषिकर्म, खेतीबाड़ी, जोताई, काश्त *(extensive, intensive ~)*; संवर्धन, अभिवृद्धि; (शा० एवं ला०) अनुशीलन, परिशीलन।

cultivator n. कृषीवल, कृषक, किसान, काश्तकार, खेतिहर; पोषक, अभिवर्द्धक; परिमर्दित्र, लांगलविशेष, सरावन, पटेला, पाटा, हेंगा, पाँचा।

cultrate a. क्षुरीवत्, क्षुरीरूप, छुरीके सदृश, (छुरीकी धारके समान)।

cultriform a. क्षुरीवत्, क्षुरीरूप, चाकूके आकारका।

culturable a. कृष्य (*~ area*); संवर्ध्य (*~ waters*)।

cultural a. कर्षण *(~ method)*; संवर्धनिक, उत्पादन-सम्बन्धी *(~ experiment)*; सांस्कृतिक *(~ heritage)*।

culture १. n. कर्षण, जोताई; उत्पादन, पालन, उपज (मधुमक्खी, मछली आदिकी); (इस प्रकार उत्पादित) द्रुमाणुसमूह; संस्कृति, सभ्यता (मानसिक या शारीरिक); मानसिक विकास; संवर्ध; शिक्षा; उत्कर्षसाधन; अनुशीलन; *~ of mind* मनःसंस्कृति, मनोविकास, मस्तिष्ककी उन्नति, ज्ञानोन्नति, दिमागी तरक्की; २. v.t. जोतना, बोना, फसल लगाना, काश्त करना; विकसित करना (शा० एवं ला०); संवर्धित करना;

~ area, ~ bottle, ~ composite, ~ dish, ~ flask, ~ medium, ~ pattern, ~ pearl, ~-spread.

cultured a. संस्कृत, सुसंस्कृत।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

cultureless a. संस्कृतिहीन, जंगली, असभ्य, अशिष्ट।
culturing a. संवर्धनिक।
culturist n. उत्पादक; संस्कृतिवादी, सांस्कृतिज्ञ।
culver n. वनकपोत, जंगली कबूतर।
culverin n. (इति०) बड़ी तोप, (एक पुराने ढंगकी तोप, बन्दूक आदि)।
culvert n. बिजलीके तारकी नाली; अधःप्रणाल, जलप्रणाली, नाली, मेहरावदार नाली (जैसे सड़कके नीचे); पुलिया।
cum prep. (सम्बन्ध) सहित, युक्त, साथ, स-, एवं, से; संयुक्त (प्रदेशके अर्थमें भी जैसे, *Stow-~-Quy*); ~ dividend लाभांशसहित, लाभांशयुक्त; ~ grano (salis) संयत; सतर्कतासे, सावधानीसे।
cumbent a. लेटा हुआ, झुका हुआ।
cumber १. n. प्रत्यूह, अवरोध, विघ्न, बाधा, भार, रुकावट; २. v.t. प्रत्यूह लगाना, अवरोध करना, विघ्न डालना, बाधा डालना, बाधा पहुँचाना, रुकावट डालना, रोकना; बोझिल करना, भारी करना, लाद देना; आविष्ट करना, व्यस्त करना।
cumberless a. भारहीन, बाधारहित।
cumbersome a. क्लेशप्रद, कष्टकर, दुःखकर, अतिभारभूत, बोझिल, भारी; भद्दा, बेडौल, बेढंगा।
cumbersomeness n. अतिभारत्व, भारीपन; भद्दापन, बेढंगापन; क्लेशप्रदता।
Cumbrian n. & a. इंग्लैण्डकी प्राचीन रियासत कम्बरियाका; कम्बरलैण्डका (निवासी); कम्बरी।
cumbrous a. दुष्कर, दुर्गम, भारभूत, कष्टकर, भारी।
cumbrousness a. दुष्करत्व, दुर्गमन, अवरोधपूर्णता, कष्ट, क्लेश।
cumin, -mm- n. जीर, जीरक, जीरेका पौधा, जीरा (एक प्रकारका मसाला)।
cummer, Kimmer n. धर्ममाता; महिला; गप्पी औरत।
cummerbund n. कमरबन्द, पेटी, अजारबन्द।
cumquot n. छोटा संतरा, चीनी किनकू।
cumshaw n. उपहार, इनाम, बख्शीश।
cumulate[1] v.t. & i. पुंजीभूत होना या करना, राशीकृत करना, समूह होना, एकत्र करना या होना, जोड़ना, जमा करना, ढेर लगाना।
cumulate[2] a. पुंजित, संचित, राशीकृत, एकत्रित, जमा, ढेर किया हुआ।
cumulation n. पुंजीकरण, संचय, राशीकरण, एकत्रीकरण, समूह, ढेर।
cumulative a. पुंजीभूत, संचयी (*~ effect*), एकत्रीभूत; उपचित, बहुल, समधिक (*~ evidence*); उत्तरभोग्य (*~ penalty*); ~ preference shares उपचित लाभांश (जिनके मालिकोंको पिछले ब्याजका दूसरे हिस्सेदारोंसे पूर्व अधिकार प्राप्त हो); ~ voting उपचित मतदान (जिसमें प्रत्येक मतदाताके उतने मत होते हैं जितने उम्मीदवार हों)।
cumulativeness n. पुंजीभाव; उपचितता, बहुलता।
cumulous a. पुंजित, सामूहिक, मेघपुंज-सम्बन्धी।
cumulus n. मेघपुंज; पुंज, ढेर, समूह।
cunctative a. दीर्घसूत्री, विलम्ब करनेवाला, ढुलमुल।
cuneal a. स्फानाकार, फन्नीके आकारका।
cuneate a. स्फानाकार, शंक्वाकार, चाँपर जैसा, फनीके आकारका।
cuneiform १. n. फारस, असीरिया आदिके प्राचीन शिलालेखोंके कीलक लेख; २. a. स्फनाकार, स्फानरूप, कीलक रूप, चाँपर जैसा; ~ writing कीलाक्षर।
cunning[1] n. विदग्धता, नैपुण्य, पटुता, चातुर्य, चतुरता, चातुरी, चालाकी; प्रतारणा, धूर्तता, मक्कारी; (प्रा०) क्षमता, दक्षता, हस्तकौशल।
cunning[2] a. विदग्ध, निपुण, पटु, चतुर, चालाक; धूर्त, मक्कार; (प्रा०) दक्ष, कुशल।
cunningness n. = CUNNING[1].
cup[1]* n. चषक, चष, पात्र, कटोर, प्याला* (*tea, coffee-~*); खात, कोटर; करक; (ईसाप्रभुके अन्तिम भोजके स्मरणार्थ उत्सवपर प्रयोग होनेवाला) पान-पात्र, शराबका प्याला; वृत्ताकार विवर; प्याला भर (*~ of tea*); खण्ड, अंश, भाग; अनुभव; भाग्य, तकदीर, किस्मत; पारितोषिक-पात्र; मदिरा, शराब, सेवकी शराब आदि (*claret-~*); a bitter ~ विपन्नावस्था, विपत्तिकी अवस्था, आपत्तिकाल, संकट, आफतका समय; challenge ~ पारितोषिक-पात्र; ~ & ball एक प्रकारका खेल; ~-bearer पानपात्र-वाहक, मदिरा पिलानेवाला; ~-moss चषकाकार एकविशेष प्रकारकी काई; ~-rose रक्ताहिफेन, लाल पोस्त; ~-shake काष्ठकी दो समकेन्द्र परतोंके मध्यकी दरार; ~-tie चषक-प्रतियोगिता; *in his ~s* मदोन्मत्त, शराबके नशेमें; *in* one's *~s* मदिरापनमें मस्त, मस्ती या नशेकी हालतमें; one's *~ of tea* (बोल०) जो किसीको रुचिकर या उपयुक्त हो; *the ~s that cheer but not inebriate* चाय।
cup[2] v.t. रक्तमोक्षण करना, रक्तचूषणयन्त्र (CUPPING-GLASS) से (व्यक्तिका) रक्त निकालना, खून लेना।
cupboard n. आधरण, फलक; आलमारी; ~ love भाण-प्रेम, बहानेका प्रेम; *cry* ~ खानेके लिए चिल्लाना।
cupel १. n. खर्पर, सुनारोंका प्याला या कुठाली; २. v.t. खर्परण करना।
cupellation n. खर्परण, गलाकर सुवर्ण आदिकी सफाई।
cupful n. पात्रभर, प्यालाभर, पूरा भरा हुआ प्याला।
Cupid n. पंचशर, कुसुमबाण, मन्मथ, मनसिज, मदन, अनंग, रतिपति, कामदेव; मनोहर या सुन्दर लड़का।
cupidity n. अतितृष्णा, लाभलिप्सा, धनलिप्सा, लालसा, लोभ, लालच (लाभकी)।
cupola n. द्रावणी; तोरणशृंग, शीर्ष, छत्री, वृत्ताकार छत, गोत्र, छत्र, गुम्बज; गोलाकार प्रासादशृंग, प्रासादशीर्ष, हवेलीका शीर्ष; (श० र० शा०, जन्तुवि०) शम्बुक-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

चूड़ा, शीर्षाकार इन्द्रिय या विधि; ~-furnace गोल भट्ठी (धातु गलानेके लिए)।

cupper n. कटोर-क्रिया करने वाला; होटल का नौकर।

cupping n. कटोर-क्रिया, खून निकालनेकी एक विधि।

cupreous a. ताम्रिय, ताम्रवत्, ताम्रसदृश, ताम्रमय, ताम्रवर्ण, ताँबा-सा।

cupric a. ताम्रिक, ताम्रघटित, ताँबेसे पूर्ण, ताम्रमय।

cupriferous a. ताम्रमय, ताम्रयुक्त, ताम्रभर।

cuprite n. ताम्रिज, कच्चा ताँबा।

cupro-nickel n. ताम्र-रूप्य, ताँबा और निकिल मिश्रित धातु।

cuprous a. ताँबेका; = CUPRIC.

cuprum n. (रसा०) ताम्र, ताँबा।

cupule n. चषकी; खोल, छिलका।

cur n. दुष्ट, नीच, भीरु, चिड़चिड़ा, रूखा, कमीना आदमी; कटहा, बाजारी कुत्ता।

curability n. उपशम्यता, चिकित्स्यता।

curable a. शमनीय, प्रतिकार्य, आरोग्यसाध्य, चिकित्स्य, इलाजके योग्य।

curacao, -coa n. खट्टी नारंगीकी शराब, ठर्रा।

curacy n. याजक-वृत्ति, पादरीकी चिरस्थायी वृत्ति; क्यूरेट पादरीका पद।

curare, -i n. अमेरिकाके कुछ पौधोंसे निकलनेवाला एक प्रकारका रालयुक्त द्रव्य, कोरारी, कोरारी पेड़।

curarine n. कोरारीका रोगन एवं विष।

curarize v.t. कोरारी द्वारा विषाक्त करना, विषैला गोंद लगाना, कोरारी देना।

curassow n. तरुशूर, केन्द्रीय तथा दक्षिणी अमेरिकाका एक पक्षी।

curate n. उपयाजक, उपपादरी, पादरीका सहायक; (हास्य) अग्नि उत्तेजित करनेकी शलाका; ~-*in-charge* स्थानापन्न उपयाजक।

curative १. n. व्याधिशमक ओषधि या वस्तु; २. a. आरोग्यकारी, नीरोगकारी, व्याधिशमक, रोगहर, आरोग्य लाने योग्य; उपचारीय, उपचारी (~ *measures*)।

curator n. परिरक्षक, अभिरक्षक, अभिरक्षी, संग्रहाध्यक्ष, अध्यक्ष (संग्रहालयका); प्रबन्धक, प्रबन्धकर्त्ता; विश्वविद्यालयका प्रबन्धकर्त्ता; (स्कॉटलैण्ड, कानून) अवयस्कका अभिभावक, पागल आदिका संरक्षक।

curatorial a. अध्यक्षीय; प्रबन्धकीय।

curatorship n. अभिभावकत्व; अध्यक्षपद, अध्यक्षका पद।

curb १. n. (किसी वृत्ताकार वस्तुके लोहेपर लकड़ीका) उपान्त, उत्तट, धार, किनारा, पट्टी; बन्धन, चर्मादिकी पट्टी, दहानेकी जंजीर (जो रोकथामके लिए घोड़ेके मुँहमें लगायी जाय); (ला०) निग्रह, नियन्त्रण, निरोध, संयम, रोक, ठहराव, अटकाव; घोड़ेकी टाँगकी सूजन; (कुएँके) मुँहकी चहारदीवारी; कुएँकी पाट; = KERB; २. v.t. (ला०) निग्रह करना, नियन्त्रण करना, वशमें करना, रोकथाम करना, दबाना; बन्धन लगाना, दहानेकी जंजीरसे बाँधना, खींचना, रोकना, बाँधना; ~ market बहिर्विपणि, उपान्त मण्डी; ~ roof ढलुवाँ छत।

curby a. सूजनवाला।

curculio n. काष्ठवेधक, घुन; झींगुर।

curcuma n. हरिद्रा, हल्दी (~ *paper* क्षार-परीक्षाके लिए)।

curcumine n. हरिद्री, पीला, जर्द।

curd n. दधि, दही, छेना; किसी द्रव्यका घनीभूत अंश; (सामन मछलीकी) चरबी; ~s and whey मलाई मिली हुई सुगन्धित दही।

curdle v.t. & i. आतंचन होना, घनीभूत होना, गाढ़ा होना या करना, दही जमाना या जमना, थक्का बनाना या बनना, जमाना; ~ *the blood* (ला०) रक्तका घनीभूत होना, रक्त शुष्क होना, खून खुश्क होना, खून जम जाना (भयके कारण)।

curdy a. दधिवत्, दहीवाला, दही जैसा (~ *milk*)।

cure[1] n. चिकित्सा, उपाय, दवा, इलाज (*grape, milk-~*); उत्तम औषध; उपचार, प्रतीकार; उपशम, शान्ति (नैतिक एवं आध्यात्मिक ~ *of souls*); साफ रखड़ बनानेकी विधि।

cure[2] v.t. & i. उपचार करना, प्रतीकार करना; आरोग्यकरण करना, नीरोग करना, स्वस्थ कर देना या हो जाना, (ला० भी) चिकित्सा कर देना, इलाज करना या होना; उपचार करना, तैयार करना; सुरक्षित रखना, खराब होनेसे बचाना, नमक लगाना (मांस, फलादिको); अभिशोषण करना; गन्धक मिलाकर (रबड़को) जोड़ना, (रबड़का) जुड़ना।

cure[3] n. (ग्रा०) विलक्षण, अनोखा, सनकी, अजीब व्यक्ति।

cured a. अभिसाधित (~ *rubber*); *what cannot be ~ must be endured* जिसका नहीं चारा उसे सहेगा बेचारा।

cureless a. असाध्य, निरुपाय, ला-इलाज।

curer n. चिकित्सक, वैद्य; अभिसाधक।

curettage n. अपोद्घर्षण, खुरचन।

curette १. n. खुरचनी, शल्यचिकित्सकका छोटा अपोद्घर्षक यन्त्र; २. v.t. & i. अपोद्घर्षक यन्त्र द्वारा खुरचना, साफ़ करना या होना, छीलना, छिलना।

curfew n. अनिश्चार आदेश, निशारोध, करफ्यू (आदेश, नियम एवं समय जिसके अनुसार पुरवासियोंका घरके बाहर निकलना दण्ड्य होता है); आग बुझानेका घण्टा; (मध्यकालीन नियमोंके अनुसार) अग्नि-निर्वाप-आदेश, आग बुझानेका आदेश या समय; शामका घण्टा, खानाबन्दीका आदेश या समय; ~ bell निशारोध-घण्टी; ~ order गृहेतिष्ठ आदेश, सूर्यास्तके पश्चात् घरसे बाहर न निकलनेकी राजाज्ञा।

curia n. न्यायालय, कचहरी, अदालत; the C~ पोपकी सभा; रोमी अनुषद्-भवन, प्राचीन इटलीके कस्बोंका अनुषद्, सीनेट भवन, सीनेट; बिरादरी, प्राचीन रोमके तीन कबीलोंमेंसे किसीका भाग; मन्दिर, उपासनाका स्थान (इस बिरादरीका)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

curial a. रोमी अनुषद्-भवनका; पोपकी अदालतका; ईसाई बिरादरीका।

curialism n. पोपकी अदालतका सिद्धान्त।

curialist n. पोपकी सभाका छात्र, समर्थक या सदस्य।

curie n. रेडियमकी विशिष्ट रश्मियाँ।

curio n. (pl. *-s*) अद्भुत शिल्प-द्रव्य, कलाकी विलक्षण वस्तु, कौतूहलोद्दीपक पदार्थ।

curiosity n. जिज्ञासा, उत्कण्ठा, उत्सुकता, कौतूहल, (कोई चीज जाननेकी) प्रबल इच्छा; वैचित्र्य, विलक्षणता, कौतुकता, अनोखापन; a ~ विलक्षण वस्तु, असाधारण पदार्थ, अद्भुत या अनोखी वस्तु।

curioso n. विचित्र कलाकृतियोंका संग्रहीता या जानकार।

curious a. विलक्षण, विचित्र, विस्मयजनक, असाधारण, अद्भुत, निराला, अनोखा, अजीब; कौतुकी, कुतूहली; जिज्ञासु, उत्सुक, जाननेकी प्रबल इच्छावाला; सूक्ष्मरूपेण, सचेत, सावधान (*~ inquiry*); कामोद्दीपक; प्रेमात्मक, शृंगारिक (पुस्तकविक्रेताके सूचीपत्रमें चित्र अथवा मधुरभाषित शब्द)।

curiousness n. जिज्ञासा, उत्सुकता, कौतूहल विस्मयजनकता; विलक्षणता, विचित्रता, निरालापन।

curium n. रेडियम धातु सं० ९६।

curl[1] n. काकुल, कुरल, अलक, घूँघर, घुँघरालेबाल; ऐंठी हुई, पेचदार, घुमावदार, मोड़ी हुई (कोई भी चीज); तरंगित वस्तु; परिकुंचन, कुंचन (*~ of the lips*); कुंचित या अराल एवं कुटिल होनेकी अवस्था (*keep the hair in ~s*); आलू-रोग (जिससे आलूके पत्ते मुड़ जाते हैं); ~-paper बाल मोड़नेका कागज।

curl[2] v.t. & i. कुंचित करना; कुंचित होना, घुँघराला बनाना, छल्लेदार बनाना, पेचदार बनाना, पेच देना, ऐंठना; मोड़ना, मुड़ना; चक्कर खाते हुए जाना, चक्कर खाना, घुमावदार पेचमें पड़ना (धुएँ आदिके); *~ up* कुंचिताकृतिमें चक्कर खाना, बल खाना, बल देना, लपेटना; (आ०) क्षयको प्राप्त होना, सन्निपात होना, शक्तिहीन होना।

curled a. भंगिमत्, तरंगित, घुँघराला (*~ hair*)।

curlew n. नक्तकुररी, जलरंक, जलकुक्कटी, पनमुर्गी (एक प्रकारकी लम्बी चोंचवाली पनमुर्गी)।

curlicue n. भ्रमरक, कुंचित केश, घुँघराले बाल; मोड़, लेखनशैली।

curliness n. घुँघरालापन।

curling n. घूँघर बनाना, बल खाना आदि (क्रियागत अर्थोंमें); एक खेल, पत्थर कुण्डली; ~-irons, ~-tongs बालोंको घुँघराला बनानेके लिए यन्त्र-विशेष (जो प्रयोग करनेसे पूर्व गर्म किये जायँ)।

curly a. भंगिमत्, तरंगित, लहरियादार, घुँघराला, छल्लेदार, घुँघराले बालोंवाला; ~-pate घुँघराले बालोंवाला (व्यक्ति)।

curmudgeon n. धनलिप्सु व्यक्ति, कृपण, कंजूस, सूम (व्यक्ति)।

curr v. i. बत्तखकी तरह आवाज करना, गूँ-गूँ करना।

currach n. = CORACLE, कुरा नाव।

curragh n. कर्दमभूमि, दलदली जगह; the C~ आयर्लैण्डमें एक सेना-शिविर।

currant n. किशमिश, सुखाया हुआ छोटा बेदाना अंगूर; पाकबदरी; हलका लाल रंग;
~ bread, ~ bun, ~ jelly, ~ loaf, ~ wine.

currency n. (मुद्राका) चलन; प्रचलित मुद्रा, मुद्रा-चलन, चलार्थ, करेंसी (किसी देशकी मुद्रा जो वहाँ प्रचलित हो); प्रचलन, व्यापकता (शब्दों, विचारों आदिकी); प्रवर्तनावधि; प्रसरण, प्रचलन, प्रचार, दौर, रिवाज;
~ area, ~ authority, ~ block, ~ bond, ~ certificate, ~ chest, ~ chest balance, ~ chest book, ~ circle, ~ classification, ~ deposited, ~ depreciation rate, ~ developments, ~ group, ~ instrument, ~ note, ~ office, ~ principle, ~ rate, ~ remittance, ~ standard, ~ system, ~ telegraphic transfer, ~ transfer, ~ unit, ~wise trade.

current[1] n. विद्युद्वाह, विद्युत्-प्रेषण, विद्युत्शक्तिका प्रवाह, विद्युद्धारा; स्रोत, प्रवाह, धारा, बहाव (नदीका); (वायु अथवा जल आदिके किसी निश्चित दिशामें) बहनेकी क्रिया, रय, वेग, गति, रुख; प्रवृत्ति, गति, ओघ, मिलान (घटनाओं, मतों आदिका)।

current[2]* a. आधुनिक, प्रचलित समयका, वर्तमान समयका (*~ issue*) (पत्रिकाका); विद्यमान, वर्तमान (*~ week, month*); प्रचलित, प्रचल, चलित, चालू* (मुद्रा, मत, विचार, शब्द आदि); (गणित) चल, धावी; ~ account n. चल लेखा, चालू खाता, ~ bedding झूठी परत; ~ handwriting द्रुत-लेखन, घसीट; *pass, go, run ~* सर्वमान्य होना, सर्वसम्मत हो जाना; शुद्ध रूपमें स्वीकृत होना।

curricle n. द्विचक्र-यानविशेष, जोड़ी-गाड़ी, टमटम, दुपहिया गाड़ी (दो घोड़ोंकी)।

curriculum n. (निर्धारित) पाठ्यक्रम, पाठ्यविषय, पाठ्य, पाठचर्या।

currier n. चर्मकार, चर्मसंस्कारक, चर्मसाज, चमड़ा कमाने या रँगनेवाला।

currish a. पशुभावापन्न; श्वशील, कुत्तेकी तरह, दुष्ट, भीरु, चिड़चिड़ा, नीच प्रकृतिका।

currishness n. श्वशीलता, नीचता, दुष्टता, चिड़चिड़ापन।

curry[1] १. n. रसा, झोल, कढ़ी, कलिया, शोरबा; २. v.t. कलिया तैयार करना, हल्दी आदि मसाला डालकर शोरबा या कढ़ी तैयार करना; ~-paste कढ़ी, कलिया; ~-powder शोरबा बनानेका मसाला, पिसा हुआ मसाला।

curry[2] v.t. (कमाये हुए चमड़ेको) बनाना; खरहरा करना, घोड़ेके रोएँ साफ करनेके लिए उसे एक दाँतीदार

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

कंघी द्वारा रगड़ना, मलना, खरहरना; (ला०) मिली हुई परतोंको अलग-अलग करना, खूब पीटना, उधेड़ना; ~-comb n. अश्वघर्षक लोहास्त्र, खरहरा; ~ *favour* किसीका प्रसाद प्राप्त करना, अनुग्रह सुलभ करना, चाटूक्ति द्वारा किसीका कृपापात्र बन जाना।

curse[1] n. अपशाप, अभिशाप, शाप; भर्त्सनाके उत्तरमें प्रयुक्त अनिष्टकर कार्य, पाप, बुराई; दूषित, अधार्मिक या अपवित्र शपथ, सौगन्ध, कसम; शापित, शाप-ग्रस्त, घृणित लक्ष्य; भर्त्सनापूर्ण वाक्य, बहिष्कारपूर्ण या धिक्कारपूर्ण शब्द; आपदा, आपत्ति, बला; a ~ to the family कुलाभिशाप, कुटुम्बावशाप; वंशदोष; वंश-भर्त्सना; कुलकलङ्क; ~ of Scotland (ताशमें) ईंटका नहला।

curse[2] v.t. & i. पाषण्डपूर्ण बातें करना, भक्तिशून्य बातें करना, ईश्वर-निन्दा करना; क्लेशित होना, क्लेश देना, आपदा-ग्रस्त होना; शाप देना; (धर्म-संस्थासे) बहिष्कृत करना, समाजच्युत करना, दूषित होना; अभिशप्त करना, भर्त्सना या अभिशाप देना, कोसना।

cursed, -st १. a. अभिशप्त, आदि (क्रियागत अर्थोंमें); घृण्य, घृणित, निन्द्य, निन्दनीय, तिरस्कृत; (प्रा० प्रायः *curst*) कलही, लड़ाकू, झगड़ालू; २. adv. अभिशाप-पूर्वक; कलहपूर्वक।

cursedness n. अभिशप्तता; घृणा, निन्दनीयता; ईर्ष्या, लड़ाकूपन।

cursitor n. चांसरीके न्यायालयका एक अधिकारी।

cursive १. n. द्रुत-हस्तलिपि, द्रुतलिखित, घसीट; २. a. द्रुतहस्तलिखित-सम्बन्धी, प्रवाही, मिला कर लिखा हुआ (~ *script*)।

cursor n. गणितके एक यन्त्रका भाग; सूप लेखक।

cursorial a. धावनपटु, धावी, फुर्तीला, दौड़के उपयुक्त अंगों वाला, तेज दौड़ वाला (~ *bird*)।

cursoriness n. क्षिप्रता, शीघ्रता, जल्दबाजी।

cursorius n. धावि प्रजाति; = COURSER.।

cursory a. क्षिप्र, त्वरित, द्रुत, शीघ्र, तेज, जल्दी, सरसरी; स्थूल, बाह्य (~ *inspection*); अनवहित।

curst a. अभिशप्त; रोषी।

curt a. (सा०) अल्पकालीन, भंगुर, अपूर्ण, कम, छोटा, थोड़ा; संक्षिप्त, अल्प, लघु; अतिसंक्षिप्त, रूखा।

curtail v.t. उपहासन करना, अपाच्छेदन करना, संक्षिप्त करना, कम करना, काट-छाँट करना, छोटा करना, काटना, घटाना; (शा० एवं० ला०) हरण करना, लोप करना, ले लेना; ~-step सीढ़ीका सबसे निचला डण्डा।

curtailment n. संक्षेपण, उपहासन, अपाच्छेदन; हरण, लोप, काट-छाँट।

curtain* १. n. आवरण, वरण, पट, पर्दा* (विभिन्न पारिभाषिक अर्थोंमें); काण्डपट, यवनिका, पट, पर्दा; पर्देकी दीवार (जो छतके बिना हो); दीवार (जो दुर्गकी दो मीनारों आदिको जोड़ती हो); २. v.t. यवनिका डालना, पटसे आवरण करना, पर्दा डालना, परदेमें छिपाना, बन्द करना; ~-call (अभिनेताको) पुनः पर्देपर लानेका आग्रह; ~ lecture शय्याअनुशासन, गृहिणी-की ताड़ना या भर्त्सना, पत्नीका पतिको एकान्तमें डाँट-फटकार; ~-raiser पर्दा-उठाऊ; fire-proof ~ (in theatre) अग्निपट, आग-रोकपर्दा (जो प्रायः नाट्यशालाओंमें लगाते हैं); ~ *falls, drops, is dropped* पटाक्षेप, पट-परिवर्तन, पर्दा गिरता है (नाटकके अन्तमें); ~ *rises, is raised* पर्देका (नाटकके प्रारम्भमें) उठना (ला० भी); *draw the* ~ पर्दा उठाना।

curtal n. छिन्नपुच्छ अश्व या अन्य पशु, दुमकटा पशु; ~-axe कुठारिका, छोटा परशु।

curtana n. अभिषेक-खड्ग, आंग्लदेशके राजाओंके राज्याभिषेकके अवसरपर प्रस्तुत की जानेवाली तलवार।

curtate a. संक्षिप्त, संक्षिप्त किया हुआ, कटा-छँटा।

curtation n. संक्षेपण, संक्षिप्तता, न्यूनन, कटान, कटाई, कमी।

curtilage n. (कानून, बोल०) प्रांगण, घरके भीतरका अहाता, मैदान।

curtness n. संक्षिप्तता, भंगुरता, अपूर्णता; अल्पता, छुटाई।

curtsy, -sey १. n. स्त्रियोंका अभिवादन, प्रणति (घुटने टेककर और शरीर झुकाकर), दण्डवत्; २. v. i. नतजानु होना, अभिवादन करना, दण्डवत् करना, नमस्कार करना (किसी व्यक्तिको); *make, drop, a* ~ (स्त्रियोंकी भाँति) प्रणति करना, अभिवादन करना।

curule a. विचारपति-सम्बन्धी; नगरपति-सम्बन्धी, पौराधिकारीका; ~ chair (रोमन इति०) उठाऊ कुर्सी (हाथीदाँतके कामकी); ~ magistrate पौर-दण्डा-धिकारी।

curvate a. वक्र, मुड़ा हुआ, टेढ़ा।

curvated a. वक्रित, नत, टेढ़ा, मुड़ा हुआ, घूमा हुआ।

curvation n. वक्र होनेकी स्थिति, वक्रता, टेढ़ाई।

curvative a. (वन०) ईषद्वक्र, कुछ-कुछ टेढ़े किनारेवाला।

curvature n. नति, वक्रता, वक्राकृति, मोड़, घुमाव (रेखा०)।

curve[1]* n. (रेखाग०) वक्रता, टेढ़ापन; वक्र*, मोड़; गोलाई; वक्ररेखा, टेढ़ी लकीर; वक्राकृति, वक्राकार वस्तु, बल खायी हुई वस्तु; चाप।

curve[2] v.t. & i. वक्ररेखा खींचना, वक्राकृतिका होना, वक्र करना या होना, मोड़ना, मुड़ना।

curved a. वक्र, टेढ़ा, गोल (~ *line*)।

curvet १. n. घोड़ेकी झम्प, उछाल, कुदान, घोड़ेकी लंगूरी चाल; २. v. i. उल्लंघन करना, उछलकर चलना, लंगूरी चाल चलना, चौपैरा चलना।

curvi-caudate a. वक्रपुच्छ, टेढ़ी पूँछवाला।

curvi-costate a. वक्रपर्शु, टेढ़ी पसलीवाला।

curvi-dentate a. वक्रदन्त, टेढ़े दाँतोंवाला।

curvi-foliate a. वक्रपर्ण, मुड़े पत्तोंवाला।

curviform a. वक्राकृति, टेढ़े आकारवाला।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

curvi-linear a. वक्रीय, वक्ररेखीय, वक्रात्मक; (~ *area*) वक्ररेखावृत, वक्ररेखावेष्टित।
curvi-linearity n. वक्रता, वक्ररेखावृतता।
curving n. वक्रण; नमन।
curvi-rostral a. वक्रचंचु, टेढ़ी चोंचवाला।
cuscus n. उशीर, (भारतीय) खसखस (घास)।
cusec n. एक जलमान = प्रतिक्षण इतने घनफुट।
cushat n. (स्कॉटलैण्डका) वनकपोत, जंगली कबूतर।
cushion[1]* n. उपबर्ह, उपधान, पीठोपधान, तल्प, मसनद, गद्दा*, तकिया; गद्दी (जो पाश्चात्य नारियाँ बालोंके नीचे लगाती हैं); मेमोंके घाघरेके पीछेकी गद्दी, कमानी (जो मेमोंके साथेको पीछेकी ओर फुला रखनेके लिए लगाते हैं); घोड़ेकी टापकी पुतली, नर्म हिस्सा; (सूअर आदिका मांसल) पुट्ठा, चूतड़; लचीला किनारा (अण्टेकी मेजका); रम्भ (पिचकारी या यन्त्र विशेष)की भाप; गुदगुदी मिठाई; ~-tire (साइकिलके पहियेका) ठोस टायर; pin-~ सूचीतल्प, सूच्योपबर्ह, आलपीन खोंसनेकी गद्दी।
cushion[2] v.t. उपाधानोंसे सज्जित करना, गुदगुदा बनाना (ला० भी), उपाधान भरना, गद्दोंसे सजाना, तकिये लगाना; (अण्टेके खेलमें) गद्देतक पहुँचा देना (गेंदको); शान्तिपूर्वक दबाना, धीरेसे दबा देना (शिकायत आदिको)।
cushionlike a. तल्पवत्, गद्दीजैसा।
cushiony a. उपधानवाला, मसनदवाला, गद्दीदार, गद्देदार; तकियावाला।
cushy a. (ग्रा०) आनन्दप्रद, सुखकर, सुविधाजनक, रमणीय, सरल, खुशीकी (नौकरी आदि)।
cusp n. (रेखा०) निशिताग्र, खराग्र; चन्द्रकी चूड़ा; शिखर, शिखा, चोटी; (वन०) दल, नोक, सिरा; (स्थाप०) गॉथिक स्थापत्यमें दो छोटी मेहराबोंके मध्यका प्रक्षिप्त शृंग, शीर्ष।
cusped a. निशिताग्रयुक्त; शिखरयुक्त, शिखावाला, नोकवाला।
cuspid n. इवदन्त, कूटदन्त, नुकीला दाँत।
cuspidal a. निशितीय, निशिताग्रीय, खराग्र, सूक्ष्माग्र।
cuspidate, cuspidated aa. निशिताग्र, नोकदार।
cuspidor ⊙ n. पीकदान, थूकदान, उगालदान।
cuss ⊙ n. अभिशाप, शाप; आदमी, जन्तु (प्रायः निन्दनीय, अभिशप्त, तिरस्कृत)।
cussedness ⊙ n. चिड़चिड़ापन; जिद्द, ढिठाई; प्रतिकूलता, उलटापन।
custard n. पके हुए दूध और अण्डेका मिश्रण, फिरनी, दूधकी लपसी; ~-apple सीताफल, कुम्हड़ा; शरीफा।
custodial a. संरक्षणीय, अभिरक्षणीय, तत्त्वावधान-सम्बन्धी, निगरानीका।
custodian n. संरक्षक, अवेक्षक, अभिरक्षक, रक्षकपालक, रखवाला, निगरानी करनेवाला; निधिपाल; (गुण०) तत्त्वावधान-सम्बन्धी।
custodier n. = CUSTODIAN.
custody n. संरक्षण, अवेक्षण, अभिरक्षण, रक्षण, अभिरक्षा, तत्त्वावधान, रक्षा, पालन, रखवाली, निगरानी (*parent has ~ of child*); कारानिरोध, निरोध, अवरोध, आसेध, बन्धन, हिरासत, हवालात; *take into ~* अभिरक्षामें लेना, कैद करना, गिरफ्तार करना।
custom n. आचार, रीति, प्रथा, निरूढ़ि, रूढ़ि, व्यवहार, अभ्यास, स्वभाव, प्रयोग, चाल, दस्तूर, रिवाज; संरक्षणीयता या सहायता (व्यापारकी), व्यापारिक समर्थन, गाहकी; आगमशुल्क, आयातकर, चुंगी; ~ duties आशुल्क, सीमाशुल्क, आयात-निर्यात-कर विदेशसे आये हुए तथा देशसे बाहर जाने वाले मालपर चुंगी, ~-house आगमशुल्क-स्थान, आयातकर-स्थान, चुंगी घर; ~ shirts ⊙ नापनेके लिए कमीजें; the C~s आयातकर-विभाग;
~ examination, ~ frontier, ~s aerodrome, ~s amendment, ~s authority, ~s bond, ~s budget, ~s clearance, ~s clearance officer, ~s clearance permit, ~s collector, ~s declaration, ~s duty receipt, ~s formalities, ~s frontier, ~s invoice, ~s licence, ~s officer, ~s overtime, ~s port, ~s regulations, ~s return, ~s service, ~s station, ~s tariff, ~s union, ~s union agreement, ~s zone.
customable a. आशुल्क-बद्ध, जिसे आशुल्क देना हो, कर योग्य; साधारण, रूढ़िगत, सामान्य, आम, चुंगी लगने योग्य।
customariness n. प्रथात्मकता, व्यावहारिकता, प्रचलितता, प्रचलित रीति।
customary १. n. (*-tumary* भी) (किसी देशकी प्रथाओं, रीति-रिवाजोंका) लिखित संग्रहण; २. a. (कानून) प्रथाप्राप्त, प्रथागत, रिवाजी (स्थान आदिकी प्रथानुसार); प्रथानुयायी, प्रथात्मक, प्रथानुसार, अभ्यासानुरूप, चिरप्रचलित, प्रचलित, रूढ़, आचारिक, व्यावहारिक, लौकिक, लोकसिद्ध (~ *and habitual*)।
customed a. आशुल्कित (~ *debenture*)।
customer n. क्रेता, ग्राहक, गाहक, खरीददार, खरीदनेवाला; queer, awkward etc. ~ (बोल०) विलक्षण, अद्भुत, अनोखा, भद्दा आदमी।
cut[1] n. विदारण, विभाजन; कटाव, निकास, छाँट (नाटक आदिके लिए किसी भागका), कटौती; कर्तन, काट, कटाई, तराश (बाल एवं पोशाक आदिकी); आघातकारी या मर्मभेदी कृत्य या भाषण; जान-पहचान (परिचय) को प्रमाणित करनेकी अस्वीकृति, प्रतिषेध (*give one the ~ direct*); (टेनिस या क्रिकेट आदिका) तिरछा हाथ; व्रण, आघात, घाव, चोट, चीरा, जख्म; दरार, कटाव, झर्री (जिसमेंसे नाट्यशालाके पर्दे ऊपर या नीचे किए जाते हैं); (मांस आदिका) कटा हुआ टुकड़ा; (रेलकी पटरियोंका) कटाव, काट; अपचय, अपचिति, कटाई, घटाव, कमी (पारिश्रमिक, मूल्य, मजूरी आदि में); ~-away, छोटा लुण्डा कोट; ~ & thrust हाथा-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

पाई; ~-out वियोजक, गैस-छिद्र (जिसके द्वारा मोटरकी गैस शीघ्रतासे खारिजकी जाती है); *short* ~ समीपका मार्ग, छोटा रास्ता; *a* ~ *above* एक दर्जा ऊपर; ~-*off* गोली भरनेकी व्यवस्था; *draw* ~*s* (लकड़ीके टुकड़ोंसे) पासा निकालना।

cut[2]* v.t. & i. विदारण करना, विदीर्ण करना, कर्तन करना, गहरा उतरना, घाव करना, चोट पहुँचाना, छेदना, चीरना, काटना*, कटना (चाकू आदिसे) (*the knife* ~ *his finger*); वियुक्त करना, विच्छिन्न करना, विभक्त करना, पृथक् करना (कर्तन द्वारा); मांस बनाना या काटना, मांसके टुकड़े करना; विच्छेद करना, विभाजन करना, कम करना, अलग करना, काटकर जुदा करना (चाकू आदिसे); परस्पर छेदन करना, पार करना, कटाव करना, एक दूसरेको काटना, लाँघना (*two lines* ~ *each other*); काटना (ताशके पत्तोंको); (ग्रा०) पीठ दिखाना, भाग जाना (~ & *run*); (किसी चीजके) पार होना, गुजरना; आकार देना; बनाना (काटकर कोट आदि); सम्पादन करना, पूरा करना, बजा लाना, बनाना; कम करना, कटाई करना, छँटाई करना, कतरना (बाल आदिको); अपचय करना, उतर जाना, कम करना, घटाना (भाव आदिका); कपट या धोखेका निरोध करना, झाँसेको रोकना; व्यापारीको चुनना; (क्रिकेट आदिके खेलमें गेंदको) तिरछा हाथ मारना; (किसी व्यक्तिके परिचय, जान-पहचानको) अंगीकार न करना, टालना, (उसे) पहचाननेसे इन्कार करना; परिहार करना, अनुपस्थित रहना, छोड़ बैठना, नागा करना; (~ *a lecture*; ~ *the whole concern*); ~ *a caper* मटरगश्ती करना; ~-and-come-again प्रचुरत्व, प्रचुरता, अधिकता; ~ and dried or dry संक्षिप्त, बेलोच (राय); ~purse ग्रन्थिभेदक, चोर, जेबकट, गिरहकट, पॉकेटमार; ~throat कण्ठच्छेदक, प्राणघातक, घातक, कण्ठच्छेदी, हत्यारा, हत्याकारी, गर्दनमार, खूनी, कातिल; *argument* ~*s both ways* दुधारी तलवारका काम देना, दोनों ओर काटना; ~ *a loss* हाथ झाड़के अलग हो जाना, नुकसानके व्यापारसे अलग हो जाना; ~ *a tooth* दाँत निकालना या फूटना; ~-*back* (चल चित्र) नाटकके दृश्योंको नाट्यशालाके परदेपर पुनः प्रदर्शित करना; ~ *down* काटके गिराना या नीचे लाना; (ला०) व्यय कम करना, खर्च घटाना; ~ *in* (ताशमें) उठ जानेवाले खिलाड़ीकी जगह लेना या आ बैठना; बीचमें बोल उठना, बीचमें टोक देना; अकस्मात् प्रविष्ट होना, सहसा दाखिल होना; (सड़कपर) आगे बढ़कर दूसरी गाड़ीका रास्ता काटना; ~ *it fine* बहुत संकीर्णतासे हिसाब लगाकर खतरा मोल लेना; ~ *it too fat* किसी काम या बातमें अति करना; न्यूनतम देना, कमसे कम देना; ~ *no ice* (ग्रा०) कुछ (प्रभाव) न हो सकना, कुछ न बन पड़ना; ~ *off* समाप्त करना, नष्ट करना, काटकर निकाल देना, हटाना, खतम करना; अवरोध करना, रास्ता रोक लेना, घटने या बढ़ने न देना, बन्द करना (सामान, आने-जाने का); ~ *off with a shilling* कुछ टके देकर पैतृक सम्पत्तिसे वंचित करना; ~ one's *eye* or *wisdom teeth* (ला०) सूक्ष्मदृष्टिका विकास होना; विवेक-बुद्धि होना, विवेकका विकास होना; ~ one's *stick* प्रयाण करना, प्रस्थान करना, चल देना, विदा होना; ~ *out* (ताश) खेलसे वंचित करना, बहिष्कृत करना, निकाल देना; (ला०) चालाकीसे अधिकार करना, किसीसे बढ़ जाना, निकाल बाहर करना, बाजी ले जाना, जगह छीन लेना (प्रतिद्वन्द्वीकी); पृथक् करना, अलग करना, काटकर हटाना; बन्द करना, रोक रखना, रोकना; निश्चित रूप देना, आकार देना, गढ़ना, बनाना; वियुक्त करना, पृथक् करना (पशुको झुण्डसे); (नौसे०) शत्रुके जहाजको (उसके बीचसे जाकर) पकड़ लेना और समुद्रतटपर उतारना; सड़कमें अपनी ओर से टलकर पिछली गाड़ीका रास्ता काटना; ~ *out* (पशु-समूहसे) किसी पशुको अलग करना⊙; ~ *short* संक्षिप्त करना, काटना; (ला०) बात काटना; ~ *the knot* (ला०) समस्या सुलझाना, उलझन को सुलझाना, कठिनाईको हल करना; ~ *the record* बाजी ले जाना, अगलोंसे बढ़ जाना; ~ *to the heart* दिलके पार होना; ~ *to the quick* मर्मभेदी वार्ता करना, मर्मभेदी बात कहना; ~ *up* ध्वंस करना, तहस नहस कर देना, नष्ट करना, टुकड़े-टुकड़ेकर देना, बर्बाद कर देना; (ला०) कड़ी आलोचना करना, बुरी तरह खबर लेना; पीड़ित होना, दुःखित होना; ~ *up* (*well*) सम्पत्ति छोड़कर मर जाना, दौलत छोड़कर मरना; ~ *up rough* रोष दिखाना, बिगड़ जाना, नाराज होना; ~ your *wisdom teeth* अभी कुछ दुनिया देखो; *to* ~ *according to cloth* जैसी चादर होय; आयके अनुसार व्यय करना चाहिए; *to* ~ *cards* ताश फेटना; *to* ~ *down expenses* व्यय न्यून करना, खर्च कम करना; *to draw* ~*s* चिट्ठी डालना।

cut[3]⊙ a. अल्पीकृत, कम किया हुआ।

cutaneous a. त्वक्-सम्बन्धी, त्वचा-सम्बन्धी, चर्मीय, चर्म-सम्बन्धी, खालका।

cut-away n. & a. दामनकटा कोट (जिसका अगला हिस्सा काटकर खुला रखते हैं)।

cutch n. खदिर, कत्था।

cutcha a. कच्चा।

cutchery, cutcherry n. न्यायालय-भवन, कचहरी।

cute a. प्रलोभक, चित्ताकर्षक, मनोहर, मनमोहक⊙; (बोल०) प्रवीण, निपुण, कुशल, चतुर, बुद्धिमान्; धूर्त, चालाक, होशियार।

cuteness n. प्रवीणता, कुशलता, चतुरता।

Cuthbert n. (ग्रा०) सैन्य-सेवासे भागा हुआ।

cuticle n. त्वक्, बाह्य त्वचा, बाह्य चर्म, उच्चर्म, उत्स्तर, खाल, त्वचाकी बाहरी झिल्ली; (वन०) कोशाभित्ति, चर्म्मिका, छाल (पौधोंकी)।

cuticular a. उत्स्तरीय, बाह्यत्वचावाला, बाह्यचर्मवाला, चर्मिकाका, खालका, झिल्लीवाला।

cuticularization n. उत्स्तरण, खाल लगाना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

desition n. अवसान, समाप्ति, अन्त ।
desk n. वलभि, पटल, लेखनफलक, लिखने पढ़नेके कामकी छोटी ढलुवाँ मेज, डेस्क; the ~ साहित्यिक कार्य, दफ्तरका कार्य;
~ diary, ~ fan, ~-knife, ~ publicity.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

deskful v.t. सन्दूकभर (काम), झौवाभर (काम), खाँचीभर (काम)।
desman n. (रूसका) कस्तूरी बिज्जू।
desmine n. पूलिज, एक धातु, स्टिलनाइट।
desmoid a. (गड्ढोंमें) एकत्रित, व्यवस्थित।
desolate[1] v.t. निराश्रित करना, निःसहाय करना, असहाय बनाना, अनाथ करना; उच्छिन्न करना, विध्वंस करना, ध्वस्त करना, विनष्ट करना, नष्ट करना, तहस-नहस करना, बरबाद करना; विजन करना, निर्जन करना, जनशून्य करना, जनहीन करना, उजाड़ देना, वीरान करना।
desolate[2] a. निराश्रय, असहाय, अनाथ; ध्वस्त, उच्छिन्न, जीर्ण; विजन, निर्जन, जनशून्य, एकान्त, निर्मानुष, अकेला, सूना, सुनसान, वीरान, उजाड़।
desolateness n. निराश्रयता, असहायता, अनाथता; निर्जनता, एकान्तता, जनशून्यता, सूनापन, उजड़ापन, वीरानी।
desolation n. निराश्रयता, निःसहायता, असहायता; ध्वस्तता, ध्वंस, विनाश, जीर्णता, उच्छेद, उजाड़, बरबादी, वीरानी; विजनता, निर्जनता, जनशून्यता, एकान्त, अकेलापन, सूनापन; विषाद, सन्ताप, शोक, दुःख, उदासी।
desolator n. निःसहाय करनेवाला, अनाथ करनेवाला; उच्छेदक, विध्वंसक, विनाशक, निर्जन या जनहीन करनेवाला, उजाड़नेवाला।
desorption a. व्यधिचूषण, अपचूषण, सोखनेकी अवस्थासे हटाना।
despair १. n. नैराश्य, आशाहीनता, वैकलव्य, हताशा, निराशा; निराशाजनक वस्तु; २. v. i. भग्नाश होना, हताश होना, निराश होना (*his life is ~ed of*)।
despairer n. हताश व्यक्ति।
despairing a. हताश, निराशामय, निरुत्साह, नैराश्य-व्यंजना करनेवाला, निराशा प्रकट करनेवाला।
despatch v.t. प्रेषण करना, भेजना; तुरत-फुरत करना, शीघ्रता करना, झटपट कर लेना; तय करना, समाप्त कर देना, काम तमाम करना, वध करना, मार डालना; ~ advice, ~ advice memorandum, ~ arrangements, ~ book, ~ clerk, ~ diary, ~ memo, ~ money, ~ note, ~ programme, ~ register, ~-rider, ~ section.
desperado n. (pl. *-oes*) साहसी, साहसिक; दुराचारी, स्वनाचारी व्यक्ति, उद्धत पुरुष; आततायी, पातकी मनुष्य; उन्मत्त व्यक्ति; अविमृश्यकारी व्यक्ति।
desperate a. निराशोन्मत्त, निराशान्ध, हताश, निराश, त्यक्ताश, उपायातीत, निराशोन्मत्त, निराशापूर्ण, आशाहीन; निराशाके कारण उग्र, उद्दण्ड, क्रोधोन्मत्त, भीषण, अतिसाहसिक, दुःसाहसिक, बेधड़क; असाध्य, सुदुष्कर, अति भयंकर, खतरनाक; अत्यन्त बुरा (*a ~ night*)।
desperateness, desperation nn. हताशा, निराशा, निराशोन्माद, दुःसाहसिकता, उद्दण्डता, उग्रता; बेधड़कपन; असाध्यता।
despicability, despicableness nn. बीभत्सता, तिरस्कार्यता, अवमान्यता, घृण्यता।
despicable, -sable aa. बीभत्स, निन्द्य, निकृष्ट, नीच, घृणित, कमीना; उपेक्षणीय, अपमाननीय, अवमान्य, अवज्ञेय, तिरस्करणीय।
despisal n. उपेक्षण, तिरस्करण, अवज्ञा, अवमानना।
despise v.t. अवमानना करना, अवज्ञा करना, घृणा करना, तिरस्कार या निन्दा करना, तुच्छ समझना।
despisedness n. घृणा, तिरस्कृति, अवमानना।
despiser n. अवज्ञाता, अवमन्ता, उपेक्षक, तिरस्कारक, अपमान करनेवाला।
despite १. n. असूया, मात्सर्य, जुगुप्सा, विद्वेष, द्वेष, ईर्ष्या, घृणा (*died of mere ~*); (प्रा०) अनिष्ट, अपकार, बलात्कार, अत्याचार, क्षति, अपमान, तिरस्कार, हानि; २. prep. *in ~ of, ~ of*, ~ होते हुए, होनेपर भी, बावजूद; *in my ~* (प्रा०) मेरे सभी प्रयत्नोंके बावजूद भी।
despiteful a. विद्वेषी, द्रोहबुद्धि, मात्सर्यपूर्ण, ईर्ष्यालु; अपकारी, अत्याचारी, अनिष्टमय, अपमानजनक, तिरस्कारपूर्ण।
despitefulness n. मात्सर्यमयता, दौर्जन्य, द्रोह, तिरस्कारपूर्णता, अनिष्टमयत्व, द्वेषपूर्णत्व।
despiteous a. दे० DISPITEFUL; निष्करुण, निर्दय।
despoil v.t. विलुण्ठन करना, वंचित करना, रहित करना, अपहरण करना, डाका डालकर ले लेना, छीन लेना, लूटना-खसोटना, लूटना।
despoilation n. अपहरण, डाका, लूट-पाट, लूट-खसोट, छीना-झपटी।
despoiler n. अपहर्ता, लुण्ठक, अपहारक, लुटेरा, डाकू, लूटनेवाला, छीननेवाला।
despoilment n. = DESPOILATION.
despoliation n. अपहरण, विलुण्ठन, छीन-झपट, लूट-खसोट, लूट-पाट।
despond १. n. हताशा, विषाद, नैराश्य, अवसाद, उदासी (प्रा०); २. v. i. हतोत्साह होना, हताश होना, निराश होना, साहस छोड़ना, हिम्मत छोड़ना, उदास होना।
despondence n. हताशा, विषाद, निर्वेद, अवसाद, उदासी, नैराश्य।
despondency n. = DESPONDENCE.
despondent a. हताश, विषण्ण, अवसन्न, म्लान, उदास, निराश।
desponding a. अवसादक; सविषाद, निराश करनेवाला, विषादपूर्ण।
despot n. प्रजापीडक अधिपति, निरंकुश शासक, आततायी, स्वेच्छाचारी राजा।
despotic, -al aa. निष्प्रतिबन्ध, स्वतन्त्र, निरंकुश, स्वेच्छाचारी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

despotism n. निरंकुशता, स्वेच्छाप्रभुत्व, स्वेच्छाचारिता; अनियन्त्रित शासन, स्वतन्त्र शासन, निरंकुश शासन।

despotist n. निर्यन्त्रणवादी, निरंकुशतावादी, स्वेच्छाचारितावादी।

despotocracy n. निरंकुश शासन, स्वेच्छाचारी शासन, निस्तन्त्र राज्य।

despumate v.t. & i. झाग उड़ाना, उत्सिक्त करना, झाग या फेन निकलना या फेंकना।

despumation n. उत्सिचन, झाग उड़ाना।

desquamate v.t. & i. विशल्कन करना, पपड़े उतरना, परत-परत करना या अलग होना, उचाड़ना, उचड़ना, छिलका उतारना या उतरना।

desquamating a. विशल्कन- (~ *stages*)।

desquamation n. विशल्कन, परत-परत करके उचाड़ना।

desquamative, desquamatory aa. विशल्की, परत-परत अलग होनेवाला।

dessert ⊙ n. कोलक, भोजनके अन्तमें फलाहार; खानेके बाद खाये जानेवाले फल मिष्ठान्न आदि; ~ service बर्तन; ~ spoon कोलस्रव, कुछ बड़ी चम्मच।

destinate १. a. नियत, ईप्सित, निर्धारित, निर्दिष्ट; २. v.t. निर्धारित करना, निर्दिष्ट करना।

destination n. दैव, भवितव्यता, नियति, भाग्य; गन्तव्य स्थान, गम्यस्थान, लक्ष्य, ध्येय, ईप्सित स्थान, इष्ट प्रदेश, निर्दिष्ट स्थान, ठिकाना, मंजिल; ~ board, ~price, ~ station, ~ zone.

destine v.t. पूर्वनिर्दिष्ट करना, पहिलेहीसे निर्दिष्ट अथवा नियत करना, विहित करना, निर्देश करना, स्थिर करना, नियुक्त करना।

destined a. पूर्वनिर्दिष्ट, विहित, भवितव्य, भाग्यमें लिखा हुआ; गामी, जानेवाला; *was ~ to* जो होना था; जैसा कि बदा था।

destinism a. भाग्यवाद, नियतिवाद।

destinist n. भाग्यवादी, नियतिवादी।

destiny n. नियति, विधिविधान, दैव; भागधेय, प्रारब्ध, अदृष्ट, भवितव्यता, भाग्य, भविष्य, होनहार।

destitute a. वर्जित, विहीन, परिहीन, रहित, शून्य, हीन; अकिंचन, निराश्रित, निराश्रय, साधन हीन, अनाथ, अशरण, दीन।

destitution n. राहित्य, शून्यत्व, हीनत्व, अभाव; अकिंचनता, निराश्रयता, साधनहीनता, दैन्य, दारिद्र्य, दीनता।

destrier n. (इति०) युद्धाश्व।

destroy v.t. ध्वस्त करना, उच्छेद करना, प्रभावहीन करना, वध करना, मार डालना, उच्छिन्न करना, नष्ट करना, नाश करना, अन्त करना, व्यर्थ करना, धूलमें मिला देना, गिराना।

destroyable a. ध्वंस्य, उच्छेद्य, हन्य, वधयोग्य, विनाश्योग्य; पतन-योग्य।

destroyed a. नष्ट, नाशित, ध्वस्त, उच्छिन्न।

destroyer n. (क्रियागत अर्थोंमें), विध्वंसक, हन्ता, अन्तक, संहारक, विनाशक, घातक, नाश करनेवाला।

destructibility n. ध्वंस्यता, भंगुरता, नश्वरता, क्षयिता।

destructible a. ध्वंसनीय, ध्वंसशील, भंगुर, क्षयी, नाशवान्, नश्वर, ध्वंस योग्य, मिटने योग्य।

destruction* n. विध्वंस, संहार, क्षय, उच्छेद, विनाश, नाशन, नाश*, घात; विनाशका कारण।

destructional n. विनाशी, नाशवान्।

destructionist n. विनाशवादी, विनाशके सिद्धान्तमें विश्वास करनेवाला।

destructive १. n. भंजक, विध्वंसक, संहारक, क्षयकारक, विनाशक, हानिकारक (व्यक्ति या वस्तु); २. a. विध्वंसात्मक, विध्वंसकारी, क्षयकारी, क्षयकर, घातक, संहारकारी, विनाशकारी, नाशात्मक, खण्डनात्मक, नाशक, नाशी, अन्तकर, हानिकर (आलोचना या नीति)।

destructiveness n. विध्वंसकता, विनाशकता, विनाशिता।

destructor n. ध्वंसित्र, कूड़ा जलानेकी भट्ठी या अँगीठी।

desudation n. प्रस्वेदन, स्वेद-प्रस्रवण, अधिक पसीनेका निकलना।

desuetude n. निवृत्ति, विरति, विराम, विच्छेद, अनभ्यास, निष्प्रयोग, अप्रचलन, अप्रयोगावस्था।

desulphurate v.t. विशुल्बारीयण करना, गन्धक अलगाना।

desulphurization n. विशुल्बारीयण, गन्धकका अलगाव।

desulphurize v.t. विशुल्बारीयण करना, गन्धक अलगाना।

desultoriness n. उच्छृंखलता, अव्यवस्था, अस्थिरता, चंचलता।

desultory a. उच्छृंखल, अस्थिर; अनियत, अव्यवस्थित, अनवस्थित, अनियमित, असम्बद्ध, असंगत, क्रमरहित, बेढंगा, छुटपुट, बेजोड़; निरुद्देश्य।

desynomization n. पर्यायालोचन, पर्यायभेद।

desynomize v.t. अनेकार्थ करना, पर्याय तोड़ना।

detach v.t. वियुक्त करना, विच्छिन्न करना, पृथक्करण करना, पृथक् करना, अलग करना, अलगाना, हटाना; (सेना तथा जल-सेनाके) जहाज या रेजिमेण्ट आदिको भेजना या रवाना करना; फाड़ना।

detachable a. वियोज्य, पृथक्करणीय, पृथक्कार्य, पृथक् करने योग्य, अलग होनेके योग्य।

detached a. विश्लिष्ट, वियुक्त, विच्छिन्न, पृथक्कृत; ~ mind, view निष्पक्ष भावना या विचार।

detachedness n. विच्छिन्नता, वियुक्तता, पृथक्त्व, सम्बन्धहीनता, अलगाव।

detaching a. वियोजी (~ *hook*)।

detachment n. वियोजन, पार्थक्य, पृथक्करण, पृथकता, विलगता, विच्छेद, विराग, अलगाव; मत-स्वातन्त्र्य,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

विचार-स्वातन्त्र्य, स्वार्थपूर्ण तटस्थता अथवा पार्थक्य, विशिष्ट वातावरण या जनमत आदिसे अलग रहना; सैन्यदल, सेनाकी टुकड़ी।

detail[1]* n. विस्तर, विस्तार, विवरण (*in* ~); सूक्ष्म विवरण, ब्यौरा*, तफसील; (सेना०) दैनिक आदेशोंका वितरण; (सेना०) छोटा दल, छोटी टुकड़ी; भागक; अंश, अंग; सजावटका ढंग; चित्र या भवन आदिमें छोटी-मोटी सजावट; मद; *army beaten in* ~ सेना (जिसकी विभिन्न टुकड़ियोंको अलग-अलग पराजित किया जाय)।

detail[2] v.t. विस्तरांकन करना, सविस्तर देना, विस्तरोल्लिखित करना, सविस्तर वर्णन करना, विवरण देना, ब्यौरा देना, तफसील देना, खोलकर लिखना; (सेना०) प्रतियुक्त करना, विशेष कर्त्तव्य या ड्यूटीपर भेजना।

detailed a. सविस्तर (~ *calculation*), विस्तरोल्लिखित, विस्तृत (~ *statement*), विवरणसहित।

detain v.t. प्रतीक्षा कराना, बिठाये रखना; विधारण करना, निरोधन करना, निरुद्ध रखना, अवरोध करना, बन्द रखना, अटकाना, रोकना; हवालातमें रखना, नजरबन्द रखना; (रुपया आदि) अटकाना, दबा रखना, अदा करनेसे रोके रखना।

detained a. अवरुद्ध, निरुद्ध, रोका हुआ।

detainer n. नजरबन्दी, हिरासतमें रखना; (कानून) निरोध, कुर्की आदिके लिए मालकी रुकावट; आदेशपत्र (जिसके द्वारा पहलेसे ही पकड़ा हुआ आदमी दूसरे अभियोगमें बन्द रखा जाय); निरोधक, रोकनेवाला।

detainment n. विलम्ब, देर, अटकाव; (स्कूलमें) संरोध, सजाके रूपमें रोक रखना; अवरोध, निरोध, रोक, कैद, कारानिरोध, गिरफ्तारी, नजरबन्दी।

detect v.t. अस्तित्वका पता लगाना, खोज निकालना; उपलम्भन करना, निरूपित करना, (अपराधीको) ज्ञात करना, भाँपना, ताड़ना, मालूम करना, खोज या पता लगाना, पकड़ना।

detectable a. अनुसन्धेय, ज्ञेय, पता लगाने योग्य, पकड़ने योग्य।

detection n. उपलम्भन, उपलम्भ, निरूपण, खोज, पता लगाना, पकड़, पकड़ना।

detective n. प्रणिधि, गुप्तचर, भेदिया, खोजी, जासूस, खुफिया (पुलिस), विशिष्ट अभियोगोंकी जाँचके लिए नियुक्त किया हुआ पुलिस-विभागका व्यक्ति; ~ ability उपलम्भन-योग्यता; private ~ व्यक्तिगत रूपसे जाँच (जासूसी) करनेवाला।

detectophone n. उपलम्भदूरभाष, गुप्तरीतिसे किसीका टेलीफोन सुननेका यन्त्र।

detector, -er n. परिचायक, उपलम्भक, अनुसन्धानी, पता लगानेवाला, पकड़नेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); बिना तारके तारका कुब्बा; दोषदर्शक।

detent n. ग्राह, किसी यन्त्रकी गति स्थिर करनेका खटका।

detention n. = DETAINMENT; ~ order निरोधादेश; ~ barracks सैनिक कारावास, फौजी जेल; House of D~ हवालात, कैदखाना।

detenu, -inu n. कैदी, निरुद्ध, नजरबन्द।

deter v.t. अपभीत करना; निरुद्ध करना, प्रतिरोध करना, अवरुद्ध करना, निवारण करना, डर दिखाकर निवृत्त करना, मना करना, रोकना।

deterge v.t. अपक्षालन करना, परिष्कार करना, साफ करना, उड़ा देना।

detergence, -cy n. अपक्षालिता, परिष्कार, सफाई।

detergent n. & a. अपक्षालक, शोधक, परिमार्जक, साफ करनेवाला (द्रव्य, साधन)।

deteriorate v.t. & i. अपकृष्ट होना, क्षय करना या होना, अवहसन करना या होना, ह्रास करना, बिगाड़ना या बिगड़ना, खराब करना या होना।

deteriorated a. अवहसित, अवहासित, अपचित, भ्रष्ट, अपकृष्ट (~ *condition*), बिगड़ा हुआ।

deterioration n. अवहास, ह्रास, अपकर्षण, अपकर्ष, अपचय, विकार, पतन, क्षय, बिगाड़, गिरावट; अवनति, अवनमन; गलना (फलका)।

deteriorative a. ह्रासकारी, ह्रासशील, क्षयकारी, भ्रष्ट करनेवाला, बिगाड़नेवाला।

deteriorism n. अवहासवाद (सिद्धान्त कि मानवजातिकी क्रमिक अवनति अनिवार्य्य है)।

deteriority n. अपकर्ष, बुरी अवस्था, ह्रास-दशा।

determent n. अपभायन, अपभीति, प्रतिरोध।

determinability n. निश्चेयता, निर्णेयता।

determinable a. निश्चेय, निर्णेय, निश्चेतव्य, निश्चयनीय, निर्णय योग्य, निश्चायक अंग होने योग्य, संकल्प करने योग्य, नियुक्त करने योग्य, स्थिर करने योग्य, मार्ग बताने योग्य, निर्णयपर पहुँचाने योग्य, निर्णय देने योग्य, नियत करने योग्य, सीमानिर्धारणके योग्य, सीमित करने योग्य; अवसेय, सावधि।

determinant n. & a. सारणिक, अवधारक, अवधारणसाधक, निरूपक, निश्चायक, निर्णायक, निर्धारक, निर्णयकारी (वस्तु)।

determinantal a. निर्णयात्मक, निश्चयात्मक, अवधारणा-सम्बन्धी।

determinate a. निर्धारित, व्यवस्थित, नियत, स्थिरीकृत, निश्चयात्मक, निश्चित, स्थिर, सीमित, ठीक।

determinateness n. स्थिरता, निश्चितता।

determination n. निश्चयन, दृढ़ संकल्प, निर्धारण, उद्देश्य या निश्चयकी स्थिरता, विचार, इरादा; स्थिर, दृढ़ लक्ष्य, उद्देश्य, पक्षपात, रुझान; तिथि या समयका निर्धारण, तारीखका ठहराव; वाद-विवादकी परिणति, परिणाम, अन्त; (कानून) न्यायालयका निर्णय, सजाकी आज्ञा, अदालती फैसला; साम्पत्तिक अधिकारकी समाप्ति; सीमानिर्धारण, परिभाषा, हदबन्दी; धन आदिकी ठीक-ठीक जाँच; ~ *of blood to* (some part) रक्तकी प्रवृत्ति, प्रवाहकी दिशा।

determinative n. & a. विशेषक, विशेषता बतानेवाला (गुण, चिह्न); निश्चायक, निर्णायक, निर्धारक,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

दिशा, निर्देश करनेवाली (वस्तु)।

determinator n. निश्चायक, निर्धारक, निर्णायक।

determine v.t. & i संकल्प करना, ठान लेना; निश्चायक अंग होना (*demand ~s supply*); स्थापित करना, निर्धारण करना, निश्चय करना, निर्णय देना, निर्णयपर पहुँचना, (झगड़ा) तय करना, निपटाना, तोड़ना; पहलेसे ही तिथि या तारीख नियत करना; (कानून) समाप्त कर देना या हो जाना; परिभाषा बताना, क्षेत्र निर्धारित करना, सीमित करना, सीमा-बद्ध करना; स्थिर करना; मार्ग बताना, मार्ग पकड़ा देना, राहपर लगाना, किसी विशेष दिशा या रुखपर चलाना; (किसी व्यक्तिको किसी कार्यपर) नियुक्त करना।

determined a. अवसित, निर्णीत, नियत, निश्चित, स्थिर, सीमित, सीमाबद्ध आदि (क्रियागत अर्थोंमें); कृतनिश्चय, दृढ़संकल्प, अटल।

determining a. निश्चायक (*~ tendency, factor*)।

determinism n. नियतिवाद, निश्चयवाद, निश्चयता।

determinist n. & a. संकल्पवादी, नियतिवादी।

deterministic a. संकल्पवादी, नियतिवादी, नियतिवादसे सम्बन्धित।

deterred a. निरुद्ध, अपभायित (व्यक्ति)।

deterrence, determent nn. अपभीति, निवारण, अवरोध, रोक।

deterrent n. & a. अपभायक, अपभायी; निवारक वस्तु; प्रतिरोधक, अवरोधक, निवारक, रोकनेवाला (*~ sentence*)।

deterring a. अपभायक, अपभायी; प्रतिरोधक, निवारक।

detersion n. व्रण-स्वच्छन, प्रक्षालन, मार्जन, सफाई, घाव साफ करनेका कार्य।

detersive n. & a. प्रक्षालक, शोधक, निर्मल करनेवाला, साफ करनेवाला (पदार्थ)।

detersiveness n. निर्मलता, स्वच्छता, शोधन, सफाई।

detest v.t. गर्हणा करना, अरुचि रखना, घोर घृणा करना, विद्वेष करना, बिलकुल नापसन्द करना।

detestability n. = DETESTABLENESS.

detestable a. गर्हणीय, गर्हित, तिरस्करणीय, घृण्य, घृणित, निन्द्य, विद्वेष्य।

detestableness n. गर्हणीयता, घृण्यता, तिरस्करणीयता।

detestation n. गर्हित, तिरस्कृत या घृणित व्यक्ति या वस्तु; गर्हणा, जुगुप्सा, विद्वेष, तिरस्कार, घृणा (*have, hold, in ~*)।

detested a. जुगुप्सित, गर्हित, घृणित।

detester n. विद्वेषी, गर्हणा करनेवाला, घृणा करनेवाला।

dethrone v.t. सिंहासन-च्युत करना, राज्य-च्युत करना, सिंहासनसे उतारना, राजगद्दीसे उतारना; अपदस्थ करना; प्रभाव, धाक या जोर कम करना, तोड़ना।

dethronement n. सिंहासन-च्युति, राज्य-च्युति, राज्यभ्रंश, राजगद्दीसे उतारा जाना।

detinue n. (कानून) विरुद्ध action of ~ निरोधवाद, बहालीका दावा।

detonable a. अधिस्फोट्य।

detonate v.t. & i. प्रस्फोटन करना, अधिस्फोटन करना या होना, विस्फोटन करना या होना, धड़ाकेके साथ फूटना, फटना, फोड़ना; धमाकेके साथ उड़ाना, दागना।

detonating १. n. अधिस्फोटन; २. a. प्रस्फोटक, अधिस्फोटी; *~ signal* अधिस्फोट संकेत।

detonation n. अधिस्फोटन, विस्फोटन, धंड़ाका।

detonative a. अधिस्फोटी, धड़ाकेवाला।

detonator n. अधिस्फोटित्र, अधिस्फोटक, विस्फोटक द्रव्य, फटनेवाली शक्ति, धड़ाका करनेवाला (बमका गोला आदि); बारूद भरा हुआ पटाखा; (रेलवेका) तुषार-संकेत।

detorsion n. = DETORTION.

detort v.t. ऐंठना, विकृत करना; उलट-पलट करना।

detortion n. (चिकित्सा०) अवमोटन, मरोड़, ऐंठन।

detour n. मार्गस्खलन, विमार्गगमन, विपथगमन, मार्गविच्युति, वक्रगमन, विचलन; वक्रपथ, मार्ग, चक्करदार रास्ता, चक्कर, फेर।

detoxicant n. विषहर।

detoxicate v.t. विषहरण करना।

detoxication n. विषहरण।

detract v.t. & i. मानक्षय करना, अपमानित करना, अपयश करना, मान घटाना, कुनाम करना, साख कम करना, बदनाम करना; प्रत्याहरण करना न्यून करना, निकाल लेना, कम करना, घटाना।

detraction n. मानक्षय, परिवाद, गुणनिन्दा, अपयश, कुनाम, बदनामी; प्रत्याहार, अपकर्षण, न्यूनता, घटी, कमी।

detractious a. निन्दात्मक, अपवादपूर्ण।

detractive, detractory aa. निन्दात्मक, परिवादपूर्ण, अपमानजनक, अपयश करनेवाला; अपक्षयी, कम करनेवाला, घटानेवाला।

detractiveness n. निन्दात्मकता; क्षयिता, घटाव।

detractor n. अपवादक, निन्दक, मानक्षय-कर्त्ता, अपयश करनेवाला, बदनाम करनेवाला; अपकर्षक, कम करनेवाला, घटानेवाला।

detrain v.t. & i. संयानावतरण करना, अवतरण करना, (सैन्यदल आदिका) ट्रेनपरसे उतरना या उतारना।

detriment n. अपाय, अपकार, क्षति, अहित, हानि, नुकसान।

detrimental १. n. (ग्रा०) वह दावेदार या भागी (जिसका दावा अखरता हो, जैसे, छोटा पुत्र); २. a. बाधक, अहितकर, अपकारक, हानिप्रद, हानिकारक, हानिकर, नुकसान पहुँचानेवाला।

detrital a. व्यपघर्षण-, घिसाऊ।

detrited a. व्यपघृष्ट, विवद्ध।

detrition n. घर्षणजनित क्षय, घिसाई, रगड़ान।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

detritus n. व्यपघृष्ट, जल-संस्पर्शसे क्षयप्राप्त-मृण्मय वस्तु, घिसकर बना हुआ पदार्थ (जैसे कंकड़, बालू); कूड़ाकरकट।

detrude v.t. ढकेल देना, मार गिराना।

detruncate v.t. अवच्छिन्न करना, खण्डित करना, छोटा करना, काटना।

detruncation n. लघूकरण; कर्त्तन, खण्डन, छँटाव।

detrusion n. प्रताडन, ढकेल देनेकी क्रिया।

detumescence n. संशमन, विश्वथन, शोथका अल्पीकरण।

deuce[1] n. (टेनिस) द्विक, दोनोंकी बराबरी, अवस्था-विशेष (जिसके बाद लगातार दो प्वाइण्ट, अंक, जीतना आवश्यक हो जाता है); पाँसेका दो या दुक्का, ताशकी दुक्की।

deuce[2] n. पिशाच, शैतान, भूत (~ *take it*); दुष्टता; बला, आफत, मुसीबत; ~-*ace* दुर्भाग्य; ~ *a bit* बिलकुल नहीं; *play the* ~ *with* नष्ट कर देना, बरबाद कर देना; *the* ~ *he isn't* यह नहीं हो सकता कि वह न हो; *the* ~ *is in it if I cannot* मैं अवश्य कर सकता हूँ; *the* ~ *to pay* सम्भावित है।

deuced १. a. दानवीय, पैशाचिक; निरतिशय, अत्यधिक, अधिक (*in a* ~ *hurry*); उद्विग्न, व्यग्र, व्याकुल, चकित; २. adv. व्यग्रतापूर्वक, व्याकुलताके साथ।

deuteragonist n. उपनायक, खलनायक।

deuterium n. उद्वेक, भारी उद्जन, भारी हाइड्रोजन, ड्यूटीरियम (प्राप्त सम् १९३२); ~ oxide भारी जल।

deuterogamist n. दुवाह, दुआह।

deuterogamy n. पुनर्विवाह, द्वितीय-विवाह, विधवा-विवाह।

deuterogenous a. गौणजन्मा।

deuteron n. द्वितीयाणु, ड्यूटीरियम अणुका गर्भ, बीज।

Deuteronomist n. ईजीलकी प्रथम पाँच पुस्तकोंमेंसे एकका लेखक, ड्यूटरोनोमी-लेखक।

deuteroscopy n. व्यंजनार्थ, अन्यार्थ, द्व्यर्थक।

deutoplasm n. रसान्न, रस, कोशान्न।

deutzia n. एक श्वेतपुष्पा पहाड़ी झाड़ी।

deux-temps n. दोहरा नाच, एक प्रकारका नाच।

devalorize v.t. मूल्य गिराना; = DEVALUATE.

devaluate v.t. विमूल्यन करना, मूल्य घटाना।

devaluation n. विमूल्यन, अवार्हण, मुद्रा-मूल्य घटाना।

devalue v.t. विमूल्यन करना, अवार्हण करना, मुद्राका मूल्य कम करना।

Devanagari n. नागरी, देवनागरी (लिपि)।

devaporation n. व्युद्वाष्पण, भाप उड़ना।

devastate v.t. उद्ध्वस्त करना, निर्जन करना, नष्ट-भ्रष्ट करना, उच्छिन्न करना, वीरान करना, लूटना, उजाड़ना, बर्बाद करना।

devastation n. उद्ध्वंस, उपप्लव, निर्जनीकरण, उच्छेद, विनाश, लूट-पाट, उजाड़, वीरानी, बर्बादी।

devastator n. उच्छेदक, विनाशक, लुटेरा, निर्जन करनेवाला, उजाड़नेवाला, वीरान करनेवाला, बर्बाद करनेवाला।

devastavit n. उद्ध्वंसाभियोग।

develop v.t. & i. उन्नति करना; विकसित करना या होना, विकास करना या होना, संवर्धित करना या होना, बढ़ाना या बढ़ना; प्रस्फुट करना, प्रकाशित करना, प्रकट करना, खोलना; (सेना०) आक्रमण प्रारम्भ करना; (फोटोग्राफीमें) चित्र स्पष्ट करनेके लिए फोटो-प्लेटको धोना; प्रदर्शित करना, दिखलाना (*has* ~*ed a tendency to*); प्रौढ़ता लाना या प्रौढ़ होना।

developable a. उन्नेय, उन्नति करने योग्य; विकास्य, संवर्ध्य, विकसित करने योग्य, प्रकट करने योग्य; (फोटोग्राफीमें) प्लेटको धोकर चित्र स्पष्ट करने योग्य; प्रदर्शनीय; प्रौढ़ होने योग्य।

developed a. सीमेक्षित (~ *ore*); विकसित, विकासित (~ *dyes*); प्रख्यात, प्रसिद्ध ⊙।

developer n. उन्नायक, उन्नति करनेवाला; परिस्फुटक, विकासक, विकासकारी, प्रकट करनेवाला; (फोटोग्राफीमें) प्लेटको धोकर चित्र स्पष्ट करनेवाला पदार्थ; प्रदर्शित करनेवाला; प्रौढ़ करनेवाला या होनेवाला।

developing १. n. विकासन; २. a. विकासी।

development* n. अधिक विकसित अथवा विस्तृत रूप; विकास*, प्रचय, वृद्धि, संवर्धन, बढ़ती*; (पशु तथा पौधेकी नसलकी) क्रमिक उन्नति, विस्तार; क्रमिक उद्घाटन, पूर्ण विवरण; परिणत वय, पूर्ण विकसित अवस्था; परिणाम, अग्रगति, उन्नत दशा; फोटो प्लेटको धोकर चित्रका अभिवर्द्धन, स्पष्टीकरण; ~ area विकास-क्षेत्र, बेकारीका क्षेत्र, बेरोजगारीका क्षेत्र;
~ block, ~ board, ~ budget estimates, ~ charges, ~ commission, ~ department, ~ estimate, ~ expenditure, ~ expenses, ~ finance, ~ fund, ~ loan, ~ plan, ~ programme, ~ project, ~ scheme, ~ work.

developmental a. विकासमान, विकासी, विकास-सम्बन्धी; विकासोन्मुख, वृद्धिशील, उन्नति-सम्बन्धी (~ *diseases*)।

devest v.t. & i. (कानून) वंचित करना, वियुक्त करना, अधिकार छीन लेना, ले लेना।

devestment n. वियुक्ति, वंचन।

deviate v.i. मार्गसे च्युत होना, विचलित होना, उल्लंघन करना, पथभ्रष्ट होना, विचलना, विमार्गपर चलना, बहकना, घूम जाना, हटना (मार्ग, शासन, सत्य आदिसे)।

deviated a. विचलित, मार्गच्युत, पथभ्रष्ट।

deviation n. अतिक्रम, व्यत्यय, व्यतिक्रम, विच्युति, विचलन, पथभ्रष्टता, विमार्गगमन, भूल आदि (क्रियागत अर्थोंमें); दृष्टिकेन्द्रका स्वकीय स्थितिसे विचलन।

deviationist n. (साम्यवादी सिद्धान्तसे) विचलित

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

होनेवाला व्यक्ति ।

deviative a. विचलनशील, अतिक्रमी ।

deviator n. व्यतिक्रमी, अतिक्रमण करनेवाला ।

device n. साधन; योजना, युक्ति, उपाय, चाल, दाँव, बाँधनू; कौशल; कल्पनाचातुर्य, प्रतिभा; (प्रा०) आकार, बनावट, सूरत, शक्ल (*things of rare, strange, ~*); कल्पना, इच्छा, मर्जी (*left to one's own ~s*); आदर्श-वाक्य, कहावत; चित्र, खाका, नकशा; लक्षण, परिचय-चिह्न, कुलचिह्न, दूत या सरदारका पैतृक चिह्न, निशान ।

deviceful a. युक्तिपूर्ण; कौशलपूर्ण, नवीनतायुक्त ।

devil[1] n. The D~ असुर, पिशाच, शैतान, दानव, ईश्वरका शत्रु, मनुष्योंका बहकानेवाला; वेताल; प्रेत, भूत; गैर-ईसाइयों या मूर्त्तिपूजकोंका देवता; किसी बड़े वकीलके निरीक्षणमें परिश्रम करनेवाला छोटा वकील; दुष्ट, ऐबी, हरहा जानवर; निर्दय या दुष्ट व्यक्ति, क्रूर पुरुष; स्वेच्छाचारी, निर्धन, अभागा, चालाक, या पाजी व्यक्ति (प्रायः *poor ~*); दक्षिणी अफ्रीकाका प्रचण्ड तूफान (*dust-~* भी); चटपटा भोजन, मसालेदार खाना; जानवर, पक्षी, औजार तथा आतिशबाजी (का नाम); भाड़ेका टट्टू; किरायेपर किसीका साहित्यिक कार्य करनेवाला व्यक्ति; युद्धोत्साह, युद्धशक्ति, प्रहार, साहस, जोश; साकार दुर्गुण, दुष्प्रकृति अथवा पाप (जो शैतानकी तरह पीछे पड़ जाय) (*the ~ of greed*); a ~ of a ~ घृणित या विचित्र व्यक्ति; ~-dodger उपदेष्टा, प्रचारक, पादरी; ~-fish मछलियोंके भेद; ~-may-care प्रमादी, असावधान, मौजी, बेपरवाह; ~'s advocate वितण्डावादी, छिद्रान्वेषी, दोषदर्शी; ~'s advocacy छिद्रान्वेषण; ~'s apple धत्तूर, धतूरा; ~'s bedpost (ताशमें) चिड़ीका चौवा; ~'s bit एक प्रकारकी झाड़ी; ~'s bones पाँसा; ~'s books ताशके पत्ते; ~'s -claw वृश्चन, बिच्छू; व्याघ्र-नखर (पौधा); ~'s coach-horse बड़ा गुबरैला; ~'s dirt, dung हींग; ~'s dust पुराने कपड़ेके सूतसे बने कपड़े; ~'s grass दूर्वा, दूब; ~'s own स्वयंसेवकोंकी ८८ नम्बरकी पैदल फौज; printer's ~ मुद्रणालयका हरकारा; *an empty mind is ~'s workshop* खाली बैठनेसे शैतानी सूझती है; *between the ~ and the deep sea* साँप छछूँदरकी गति, द्वैध, संकटपूर्ण दुविधा; *~ a one* कोई भी नहीं, एक भी नहीं; *~ take the hindmost* जो पीछे रह जाय वह नरकमें जाय; *give the ~ his due* शत्रुके साथ भी न्याय करो; *go to the ~* परे हो, दूर हो; *...is the ~* उत्पात, प्राण-संकट; अनुत्रास, कठिनाई; *play the ~ with* तंग करना, कष्ट देना; *the ~* झुँझलाहट या आश्चर्यका संकेत; *the ~ among the tailors* कोलाहल, हंगामा, हुल्लड़, हड़बोंग; *the ~ and all* दुनियाभरकी विपत्ति या बुराई; *the ~ to pay* आनेवाला संकट, कठिनता ।

devil[2] v.t. & i. लेखक या वकीलके लिए काम करना; गर्म मसाला डालकर भूनना ।

devildom n. पैशाचिक शासन, शैतानी राज ।

devilet n. छोटा दैत्य, लघु दानव, शैतानका बच्चा ।

devilhood n. पैशाचिकता, शैतानी ।

deviling n. शैतानी, पैशाचिक कृत्य करना ।

devilish १. a. दानवीय, पैशाचिक, शैतानी; गर्हणीय, निन्दनीय, घृण्य, भयानक, नारकीय, पापमय, बुरा; २. adv. (बोल०) अधिक, अत्यन्त, बहुत ।

devilishness n. पिशाचत्व, शैतानी, शरारत ।

devilism n. भूतोपासना, पिशाच-पूजा, शैतानकी पूजा; पिशाचत्व, पैशाचिक आचरण अथवा गुण ।

devilkin n. = DEVILET.

devilled a. पक्का, चीमड़ ।

devilment n. अद्भुत घटना, विचित्र बात; दुष्टता, शरारत, बदमाशी ।

devilry, deviltry ⊙ nn. पैशाचिकता, शैतानकी कला; भूत विद्या, जादू, शैतान तथा उसके कार्य; शैतान-शास्त्र, पिशाच विद्या; निर्दयता, अत्यन्त दुराचारिता, दुष्टता, नीचता; शैतानी, शरारत; राक्षस, पिशाच, शैतान; हर्षोल्लास, अति प्रसन्नता; साहस, दिलेरी ।

devious a. भ्रान्त, पथभ्रष्ट, व्यभिचारी, च्युत, विपथ-गामी, गुमराह; कुटिल, वक्र, चक्करदार (पथ); दूरस्थ, दूर ।

deviousness n. व्यभिचार, पथभ्रष्टता, च्युति; कुटिलता, वक्रता, पेंचदारी, चक्करदारी ।

devisable a. निरूप्य, आलोच्य, प्रकल्प्य; उत्तरदेय, वसीयत करने योग्य; आविष्कार योग्य; उपाय योग्य ।

devisal n. प्रकल्पन, विचार; कल्पना, चिन्तन, योजना, युक्ति ।

devise ⊙[1] n. = DEVICE.

devise[2] n. इच्छापत्र, वसीयत, हिब्बा; v.t. उत्तरदान करना, इच्छा-पत्र द्वारा भूमि देना, वसीयत करना, हिब्बा करना; षड्यन्त्र रचना, प्रकल्पना करना, युक्ति या योजना निकालना, उपाय निकालना, सोच निकालना ।

devised a. चिन्तित, प्रकल्पित ।

devisee n. उत्तरदत्ती, उत्तरदानग्राही, रिक्थभागी व्यक्ति (जिसके लिए वसीयत या हिब्बा किया जाय) ।

deviser n. प्रकल्पक, आविष्कारक, षड्यन्त्र रचनेवाला, उपाय करनेवाला; रिक्थदाता ।

devisor n. रिक्थदाता, उत्तरदाता, वसीयत करनेवाला, हिब्बा करनेवाला; परिकल्पक, प्रयोजक, उपायज्ञ ।

devitalization n. निस्सत्त्वीकरण, निश्शक्तीकरण, निर्जीवीकरण; शक्तिहीनता, निर्बलता ।

devitalize v.t. शक्तिहीन करना, निर्जीव करना, व्यर्थ करना ।

devitaminize v.t. विजीवतीयन करना, जीवति मारना; विटामिन नष्ट करना ।

devitrifaction, devitrification nn. विकाचन, काँच-हीनता ।

devitrify v.t. विकाचित करना, काँचहीन करना ।

devocalize, devoice v.t. अघोष बनाना; गूँगा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

करना।

devoid a. वर्जित, वंचित, शून्य, रहित, हीन।

devoir n. (बहु०) सत्कार, सम्मान, आदर (*pay one's ~s to*); भद्रता; कर्त्तव्य, धर्म, कृत्य, अपना भरसक प्रयत्न (*do one's ~*)।

devolute v.t. निक्षिप्त करना, उत्तराधिकारके रूपमें हस्तान्तरित करना, (कार्य) सौंपना, सुपुर्द करना।

devolution n. उत्तराधिकारके रूपमें हस्तान्तरण, निक्षेपण, प्रक्रामण, प्रक्रमण; स्वामीके अप्रयुक्त अधिकारका संक्रामण, समाप्तिः (प्राणिवि०) जाति-ह्रास, जातिमें पतन; (विभिन्न परिवर्तनोंके पश्चात्) विकसित रूप; शक्तिका प्रतिनिधीकरण; भारार्पण, कार्यभारका अर्पण।

devolutionary a. हस्तान्तरण-सम्बन्धी, समर्पण-सम्बन्धी, प्राक्रामिक, (प्राणिवि०) अवक्रमणीय, ह्रासयुक्त।

devolve v.t. & i. प्रक्रान्त करना या होना, उत्तराधिकारके रूपमें आना या देना, पड़ना, मिलना; (कर्त्तव्य, कार्यको) अर्पित करना, सौंपना, सुपुर्द करना, सुपुर्द होना, उतरना, गिरना (प्रतिनिधि करना या होना)।

devolved a. न्यस्त, समर्पित, प्रक्रान्त।

Devonian n. & a. डेवनशायरका (निवासी); (भूगर्भ०) चट्टानकी बनावट विशेष।

devonport n. आधारिका, लिखनेके लिए एक छोटी मेज या डेस्क।

Devonshire n. ~ cream रबड़ी, लच्छेदार मलाई, घनीभूत मलाई, जमी हुई मलाई।

devote v.t. समर्पण करना, अर्पण करना, रत होना, भेंट करना (ईश्वर, व्यक्ति, ध्येय आदिके लिए); विनाश आदिके लिए छोड़ देना; उत्सर्ग करना, अर्पित करना, परित्याग करना, लगाना, देना।

devoted a. उत्सृष्ट, समर्पित, भेंट किया हुआ आदि (क्रियागत अर्थोंमें); अनुरक्त, अनुरागी; निष्ठाशील, श्रद्धावान्, दृढ़ भक्त, अत्यधिक भक्त (*~ friend*); दिष्ट, वध्य (*~ head*)।

devotedness n. अनुरक्तता, भक्ति, आसक्ति, आत्म-समर्पण, परायणता, तत्परता।

devotee n. यति, मुनि, व्रती, तपस्वी, प्रणयी, उपासक, भक्त, उत्साहपूर्ण, अथवा कट्टरतापूर्ण धार्मिक व्यक्ति।

devotement n. उत्सर्ग, समर्पण, अर्पण, त्याग, भेंट।

devotion n. उपासना, प्रार्थना, पूजा, सेवा, ईश्वरभक्ति, भजन; (बहु०) (*was at his ~s*); निष्ठा, आस्था, श्रद्धा, भक्ति, धर्मनिष्ठा, धर्मक्रिया; आसक्ति, प्रसक्ति, परायणता, लगन; प्रणय, अनुराग।

devotional a. धर्मनिष्ठ, धर्मपर, धार्मिक, भक्ति-सम्बन्धी, श्रद्धात्मक, उपासना-सम्बन्धी, पूजासम्बन्धी।

devotionalism n. भक्तिवाद, श्रद्धात्मकता।

devotionalist n. भक्तिवादी; श्रद्धालु, भक्त।

devour v.t. निगलना; भक्षण करना, मरभुखेकी तरह खाना; निगल जाना, हड़प करना, घोंट जाना, खा जाना, खाना; वध करना, समाप्त करना, मार डालना, कत्ल करना; (प्रा०) दुरुपयोग करना, नष्ट करना, उड़ाना, लूटना, बर्बाद करना; लोभपूर्ण दृष्टि या आकर्षणसे देखना, पढ़ना, बहुत शौकसे देखना, सुनना, पढ़ना; ग्रस्त होना, युक्त होना (*~ed by anxiety*); *~ the way* सरपट दौड़ना, रास्ता तय करना।

devourable a. भक्ष्य, निगरणीय।

devourer n. भक्षक, भक्षण करनेवाला।

devouring a. भक्षण करता हुआ, नष्ट करता हुआ।

devout a. पुण्यात्मा, पुण्यशील, भक्तिनिष्ठ, धर्मात्मा, पुण्यात्मा, धार्मिक, धर्मनिष्ठ, धर्मपरायण, धर्मरत, धर्मशील, श्रद्धालु, ईश्वरनिरत, भक्त; पावन, पवित्र; हार्दिक, वास्तविक, सच्चा, दिली।

devoutness n. पुण्यशीलता, भक्तिनिष्ठा, धार्मिकता, धर्मनिष्ठा, धर्मपरायणता, धर्मनिरति, भक्ति, श्रद्धा।

dew[1] n. प्रालेय, अवश्याय, तुषार, ओस; सीकर, कण, बिन्दु (आँसू, पसीनाका); तरावट, ताजगी; ~berry ब्लैकबेरीकी एक जाति; ~-claw कुछ कुत्तोंके पंजोंमें अच्छी तरह न उभड़ा हुआ नाखून; ~-fall सन्ध्या, शाम, ओस गिरनेका समय; ~-point अवश्यांक, तापक्रमका वह अंश (जब वायुकी नमी ओसमें परिणत हो जाती है); ~-pond (इंग्लैण्डके मैदानमें पाया जानेवाला) छिछला कृत्रिम तालाब; ~-rake घासको काटकर बराबर करनेका पंजा, हथियार; ~-ret सनको ओसमें रखकर नम करना; ~-worm केचुआ, mountain ~ वैध रूपसे निर्मित हिस्की शराब; ~-bent, ~ bright, ~-clad, ~ damp, ~-dipped, ~-drenched, ~-drop, ~-fed, ~-flower, ~ formation, ~-gemmed, ~-laden, ~-point method, ~-point temperature, ~-retting, ~-sprinkled.

dew[2] v.t. & i. (का०) शिशिरसिक्त करना, आर्द्र करना; नम करना, तर करना, ओससे भिगोना; ओसका बनना या गिरना (*it is beginning to ~*)।

dewan n. दीवान, मन्त्री।

dewax v.t. विसिक्थन करना, मोम निकालना।

dewiness n. नमी, तरावट, ओससे तर होना।

dewlap n. सास्ना, गलकम्बल, ललरी, बैल आदिके गलेमें लटकनेवाली खाल।

dewlapped a. (पशु) गलकम्बलवाला।

dewless a. ओसरहित, ओसहीन।

dewtry n. धतूरा।

dewy a. ओसपूर्ण, ओसीला, ओससे पूर्ण, ओसकी तरह।

dexter a. दक्षिण, दाहिना, दायाँ, दर्शककी बायीं ओर।

dexterity n. दक्षिणहस्तता, दाहिने हाथका प्रयोग; तत्परता; हस्तलाघव, हस्तकौशल, निपुणता, नैपुण्य, दक्षता, पटुता, चतुराई।

dexterous a. निपुण, दक्ष, कुशल, चतुर।

dexterousness n. = DEXTERITY.

dextral a. दक्षिणावर्त, दक्षिणोन्मुख, दाहिनी ओर मुड़नेवाला; दक्षिण, अपसव्य, दाहिना; दाहिना भाग ऊपर करके पड़ा हुआ; सामान्य ढंगसे मुड़नेवाला।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

dextrality n. दाक्षिण्य, दक्षिणहस्तता, दाहिने हाथका प्रयोग।
dextrin n. (रसा०) दक्षि, कलफसे प्राप्त होनेवाला लसदार पदार्थ, डेक्स्ट्रिन; गोंद, लेवी।
dextrinate v.t. दक्षीयण करना, गोंद बनाना, लसदार बनाना।
dextrinous a. दाक्ष्य, गोंदका, लसदार।
dextrogyrate a. दक्षिणावर्त्तक, दाहिने हाथको घुमानेवाला।
dextrorotation n. दक्षावर्तन, दक्षिणावर्तन।
dextrorotatory a. दक्षावर्त, दक्षिणकी ओर गतिसे सम्बन्धित।
dextrosal, dextrose[1] aa. दक्षिणावर्त।
dextrose[2] n. (रसा०) दक्षधु, द्राक्षशर्करा, अंगूरकी शक्कर, ग्लूकोसका रूप।
dextrous, -ter- a. प्रायः दाहिने हाथका प्रयोग करनेवाला; व्युत्पन्न, चालाक; अभ्यस्त, प्रवीण, दक्ष, चतुर।
dey[1] n. ग्वालिन, अहिरिन।
Dey[2] n. ट्रिपोली या ऐल्जियर्सका शासक, दायीं; (इति०) ऐल्जियर्समें जनीचरी (Janizaries) टुकड़ीका नायक, सरदार।
dhak n. पलाश, ढाक।
dharma n. धर्म, कर्त्तव्य।
dharmsala n. धर्मशाला, सराय।
dhobi(e) n. धोबी।
dhoti n. धोती।
dhow, dow n. २०० टनका एक मस्तूली जहाज; अरब सागरका कोई भी जहाज।
diabase n. कृष्णाश्म, एक प्रकारकी खनिज।
diabasic a. कृष्णाश्म-सम्बन्धी।
diabetes n. मूत्रातिसार, मधुमेह, प्रमेह, बहुमूत्रता, बहुमूत्ररोग, छुलकमुत्ती, पेशाबमें शक्कर आनेका रोग।
diabetic n. & a. प्रमेह या बहुमूत्र या छुलकमुत्तीका रोगी; प्रमेह या बहुमूत्र रोगसम्बन्धी; ~ patient मधुमेह-रोगी।
diabetogenic a. (चिकित्सा०) मधुमेहकारी, मधुमेह रोग उत्पादक।
diablerie n. भूत-प्रेतोंकी कहानियाँ; जादू, पैशाचिकता, शैतानी काम, शैतानका काम; अत्यधिक असावधानी, जंगलीपन।
diabolic, -al aa. नारकीय, पैशाचिक, पिशाचोपम, पैशाच, शैतानी, शैतानकी तरह; नृशंस, दारुण, निर्दय या दुष्ट, पापिष्ठ, घोर, बुरा।
diabolism n. पैशाचिकाचार, पिशाचपूजा, शैतानी, दुवृत्ति, भूतपूजामें विश्वास।
diabolize v.t. शैतान ठहराना, पिशाच बनाना।
diabolo n. दो सिरोंवाले लट्टू और लकड़ीसे खेला जानेवाला एक खेल।
diachylon, -ylum, -ulum n. मुर्दासंख; जैतूनके तेल और पानीका प्लास्टर, लेप, चिपकनेवाली पट्टी।
diacid n. द्वि-अम्ल, वह अम्ल जिसमें हाइड्रोजन गैसके दो अणु हों।
diacoele n. (श० र० शा०) अन्तस्थ गुहा।
diaconal a. ईसाई याजक (पादरी) सम्बन्धी।
diaconate n. याजकका शासनकाल; ईसाई याजक (डीकन) का पद; याजकवर्ग।
diacoustic a. ध्वनिको विभिन्न प्रकारके पदार्थोंमेंसे गुजरनेकी विद्यासे सम्बन्धित।
diacoustics n. ध्वनि-लय-विज्ञान, ध्वनि-पारण।
diacritic १. a. = DIACRITICAL; २. n. भेदक चिह्न।
diacritical a. वैशिष्ट्य-दर्शक, प्रभेदकारी, विशेषक, भेदक, भेद-निर्देशक, भेद बतानेवाला।
diadelphous a. (वन०) द्विसंलग, द्विपराग, द्विकेसर (पौधा)।
diadem n. साम्राज्य, बादशाही; प्रभुत्व, प्रभुसत्ता, आधिपत्य, राजशक्ति; परम यश, कीर्ति; उष्णीष, शिरोवेष्टन, किरीट, राजमुकुट, मुकुट, ताज; फूलोंका मुकुट।
diademed a. किरीटी, किरीटधारी, मुकुटधारी।
diadromous a. विकीर्ण, प्रसृत (नाड़ियाँ)।
diaeresis n. (pl. *-eses*) स्वरभाजन, द्वितीय स्वरके ऊपरका उच्चारणपार्थक्य-सूचक चिह्न (¨)।
diaglyphic a. उत्कीर्ण, धँसा हुआ।
diagnose v.t. निदान करना, लक्षणोंसे (रोगकी) प्रकृतिका निर्णय करना, जाँच करना।
diagnosis n. रोग-निदान, चिकित्सा, रोगमीमांसा, निदान, निरूपण, रोगनिर्णय; रोग-निदानका कथन, वर्णन, बयान; जाति आदिका स्थिरीकरण; व्यक्तिके चरित्रका वर्गीकरण।
diagnostic १. n. निदान, लक्षण; २. a. नैदानिक, रोग-निदान-विषयक।
diagnosticate v.t. निदान-अन्वेषण करना, निदान करना।
diagnostician n. निदान-विशेषज्ञ, रोगनिदान-वेत्ता, निदान-पण्डित, रोगलक्षणपटु, रोगनिदानमें निपुण।
diagometer n. विद्युत्-यन्त्र, पदार्थोंके अन्दर बिजलीके गुजरनेकी शक्ति मालूम करनेका यन्त्र।
diagonal n. & a. विकर्ण (~ *line, scale*), कर्ण, समानान्तर चतुर्भुजके कर्णकी तरह तिरछे रूपमें स्थित (~ *row* or ~); समकोणके अतिरिक्त किसी कोणपर झुका हुआ, कुछ भागसे इस प्रकार झुका हुआ (~ *cloth* or ~); कर्ण-रेखा।
diagonally adv. कर्णवत्, तिरछे, आड़े।
diagram n. रेखाकृति, रेखित चित्र, रेखाचित्र, मानचित्र, चित्रकृति, खाका, नकशा; (रेखा०) आकृति, शक्लः चिह्निक प्रकटीकरण, रेखा या अंक आदि द्वारा प्रकटीकरण (शक्ति, क्रिया आदिका)।
diagrammatic a. चित्र-सम्बन्धी, आकृति-सम्बन्धी।
diagrammatical a. चित्रीय, चित्रात्मक।
diagrammatize v.t. चित्रित करना, सचित्र बनाना, रेखाकृति बनाना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

diagraph n. चित्रमुद्र, चित्रित्र, मानचित्रोंको बड़ा करने और उभड़े भागको खींचनेका यान्त्रिक उपकरण।

diagraphics n. चित्रण-कला, रेखण-कला।

diaheliotropic a. (वन०) असूर्यमुखी, सूर्यकी किरणोंसे विपरीत मुख कर लेनेवाले स्वभावके पेड़-पौधे।

dial १. n. अंकपट, अंकानीक, घट्यानीक, डायल; सूर्यघटी, धूपघड़ी; (~-*plate* भी) घड़ीका मुँह; वाष्प-मापक, गैस-मापक; (ग्रा०) मुख, चेहरा; (रसा०) द्विसु; २. v.t. & i. घण्टी बजाना, टेलीफोनके अंकोंको घुमाना, टेलीफोन करना; (भाप या गैसकी तख्तीसे) नापना, प्रकट करना, डायलपर दिखाना।

dialect n. उपभाषा, स्थानीय भाषा, बोली, भाषाकी शाखा, किसी विशेष जनपद, स्थान, वर्ग या व्यक्ति-समूहकी बोली।

dialectal a. बोली-सम्बन्धी।

dialectic[1] n. आध्यात्मिक विसंगतियोंकी समीक्षा तथा उनके समाधान; आन्वीक्षिकी विद्या, हेतुविद्या, तर्क,न्याय।

dialectic- n. & a. नैयायिक, न्यायविद्, तार्किक (व्यक्ति); विवाद्य, विवादास्पद; तर्कमय, तर्कपूर्ण, तर्कविद्यासे सम्बन्धित, तर्कसम्बन्धी।

dialectical a. (दर्शन०) तार्किक, आध्यात्मिक खण्डन-मण्डनसे सम्बन्धित; बोलीका।

dialectician n. नैयायिक, न्यायविद्, तार्किक; बोलियोंका पण्डित।

dialectics n. तर्कशास्त्र, न्याय, न्यायशास्त्र, आन्वीक्षिकी।

dialectologist n. उपभाषाविद्, बोलीका ज्ञाता।

dialectology n. उपभाषाशास्त्र, स्थानीय बोलियोंका अध्ययन।

dialist n. डायल बनानेवाला।

diallage n. आलंकारिक युक्ति, वाद-विवादमें प्रयुक्त एक अलंकारमयी शैली।

dialling n. सूर्य-घड़ी (डायल) बनानेका विज्ञान; डायल घुमाना।

dialogic a. सम्वादसम्बन्धी, कथोपकथनमें।

dialogise, -ze v.t. नाटकमें संलाप करना, संवादरूप देना।

dialogist n. संवादलेखक, कथोपकथनका लेखक, संवाद या कथोपकथन-शैलीका वक्ता।

dialogue n. **dialog** ☺ उपन्यासमें संवाद-अंश; संलाप, संवाद; वाकोवाक्य, सम्भाषण, कथोपकथन, प्रश्नोत्तर, बातचीत; संवाद रूपमें लिखित पुस्तक, इस प्रकारका निबन्ध (*written in* ~)।

dialyse v.t. वियोजित करना, विघटित कपना, व्याश्लेषण करना, अपोहन करना, पारपृथक् करना, भागोंको अलग करना।

dialysis n. (pl. *-yses*) वियोजन, विघटन, प्रविलेयन, व्याश्लेषण, प्रत्यपोहन, अपोहन, परिपृथक्करण; महीन चादरमें छानकर श्लेषाभको विलेयतुल्य भागोंसे अलग करना।

dialytic a. (रसा०) वियोजक, व्याश्लेषिक, विश्लेषक, विश्लेषण-सम्बन्धी।

dialyzable a. वियोज्य, प्रविलेय, व्याश्लेष्य।

dialyze v.t. = DIALYSE.

dialyzed a. विघटित, व्याश्लिष्ट।

dialyzer n. व्याश्लेषित्र, व्याश्लेषण-पात्र; विघटक, प्रविलेयक।

diamagnetic n. & a. एकोनचुम्बिक तत्त्व या अंग; एकोनचुम्बिकत्व, प्रतिचुम्बकत्व, प्रतिचुम्बकीय, एकोन-चौम्बिक, एकोनचुम्बिक।

diamagnetism n. एकोनचौम्बिकत्व, एकोनचुम्बि-कत्व, प्रतिचुम्बकत्व, चुम्बकत्वकी प्रतिचुम्बकीय शाखा।

diamagnetize v.t. प्रतिचुम्बिक बनाना, निर्याग करना।

diamente a. कान्त, ज्वलन्त, भासुर, स्फटिकाभ।

diamentiferous a. हीरकोत्पादक, रत्नप्रसव, हीरा-उत्पन्न करनेवाला।

diameter n. संवर्धक शक्तिके मापकी इकाई, वृहत् शक्तिकी इकाई; व्यास, चौड़ाई, मोटाई;

~-class, ~ gauge, ~ growth, ~ incre-ment, ~ limit, ~ table.

diametral a. व्यासीय, व्यास-सम्बन्धी।

diametrally adv. अनुव्यास, व्यासके अनुसार; विपरीत, प्रतिकूल; अत्यन्त, बिलकुल।

diametrical a. व्याससम्बन्धी, व्यासके साथ; नितान्त, पूर्ण, सीधा, बिलकुल (विरोध, अन्तर आदि)।

diametrically adv. व्यासतः, व्यासतया; नितान्त, पूर्णतया, बिलकुल।

diamond १. n. हीरक, मणि, वज्र, हीरा; विषमकोण समचतुर्भुज; हीराके कणके सदृश आकृति; (ताशमें) ईंटका पत्ता; चमकदार कण या बिन्दु; हीरक-काँच-कर्तरी, शीशा काटनेकी पेंसिल (जिसमें थोड़ा-सा हीरा लगा रहता है); मुद्रणका एक टाइप; २. v.t. हीरों या ओस-कणों आदिसे सजाना; ३. a. हीरों या हीरासे जटित, हीराकी बनी हुई; विषमकोण समचतुर्भुजकी आकृतिका; black ~ ब्राजीलमें उद्भूत काले रंगका एक मूल्यवान् पत्थर; कोयला; ~-back एक प्रकारका पतंगा, कीड़ा; एक प्रकारका कछुवा; ~ cement हीरक-वज्रलेप, हीरे जड़नेका मसाला; ~-drill हीरेकी नोकवाला बरमा; ~ panes विषमकोण समचतुर्भुजकी आकृतिके शीशे; ~-point हीरेकी नोककी छेनी; स्थान (जहाँ दो पटरियाँ या लाइनें एक दूसरेको तिरछे काटती हैं); ~s (ताशके) ईंटके सब पत्ते; ~ wedding विवाहके साठवें वर्षका उत्सव; ~ *cuts* ~ लोहा लोहेसे कटता है; मछली मछलीको खाती है;

~ black, ~ beetle, ~ blue, ~ bor-deaux, ~ boron, ~ brown, ~ crossing, ~ cutter, ~ drilling, ~ field, ~ fi.e, ~ flavin, ~ fuchsine, ~ green, ~ grey, ~-headed, ~ jubilee, ~ mortar, ~ orange, ~-paved, ~ pencil, ~ phosphine, ~ plate, ~-point-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

ed, ~ red, ~ rubine, ~-shaped, ~-tipped, ~ yellow.

diamondiferous a. हीरकमय, हीरा उत्पन्न करनेवाला।

Diana n. आखेटिका, अहेरिन, अश्वारोहिणी, शिकारकी देवी; स्वतन्त्र स्त्री (जो विवाह करनेके विरुद्ध हो)।

diandrous a. (वन०) द्वि-पुंकेसर; दो पतिवाली।

dianodal a. द्वि-पातिक; द्वि-ग्रन्थि, द्वि-सन्धि।

dianoetic a. बुद्धिसम्बन्धी, विचारपूर्ण, विचारात्मक, बुद्धिग्राह्य, विचारयोग्य।

diapason n. परिधि, ध्वनि या बाजेकी पहुँच; क्षेत्र, सीमा, हल्का; संगीतके सुरका निश्चित माप; स्वरग्राम, स्वराष्टक; सुर, राग; (भौ०) संस्वनक; open, stopped ~ बाजेके दो प्रमुख परदे।

diapedesis n. एक प्रकारका रक्तका रोग।

diaper १. n. शीशे या दीवाल आदिपर जालीदार नक्काशी; चारखाना तौलिया; चित्रित क्षौम, बेलबूटा कढ़ा हुआ कपड़ा (कामदानी); बच्चोंके लिए इस कपड़ेका रूमाल; २. v.t. जालीदार नक्काशीसे सजाना।

diaphane a. पारदर्शी, स्वच्छ, विशद, साफ़।

diaphaneity n. पारदृश्यता, विशदता।

diaphanometer n. पारदृशमान।

diaphanoscope a. पारदृशेक्ष।

diaphanous a. पारदर्शक, पारदर्शी, विशद, साफ।

diaphoresis n. (कृत्रिम) प्रस्वेद, पसीना।

diaphoretic n. & a. प्रस्वेदक, परिस्वेदक, स्वेदजनक, घर्मोत्पादक, पसीना लानेवाली (दवा, अर्क)।

diaphragm n. अपोहपट, छिद्रपट, तनुपट, पृथक्करण पट, यन्त्रका विभाजक पट, परदा या झिल्ली; व्यवधि; (श० र० शा०) मध्यच्छदा, उरःप्राचीर, उदरको वक्षस्थलसे अलग करनेवाली पेशी, डायाफ्राम;
~ cell, ~ current, ~ process, ~ stops.

diaphragmal a. (श०र०शा०) प्राचीरीय, उरःप्राचीर-सम्बन्धी, शरीर-मध्यप्रदेश-सम्बन्धी।

diaphragmatic a. प्राचीरीय; विभाजक पट या परदेसे सम्बन्धित।

diaphysis n. (श०र०शा०) अस्थिदण्ड, लम्बी अस्थिका छड़।

diarch a. द्विसूत्र, द्विविध।

diarchial a. द्वैधतन्त्रीय, द्विसूत्रीय।

diarchy, dy- n. द्वैध तन्त्र, द्वैध शासन, द्विचक्रशासन, दुराज, दो अमलीः (उद्भिद्) द्विपट्टिकता।

diarial a. दैनिकीसे सम्बन्धित।

diarist n. दैनिकीकार, दिनचर्या-लेखक, दैनिकी रखनेवाला, डायरीवाला, डायरीदार।

diaristic a. दैनिकी रखनेवालेसे सम्बन्धित।

diarize v.t. & i. दैनन्दिनी लिखना, दिनचर्या डायरीमें लिखना, दैनिकी भरना या रखना।

diarrhoea, diarrhea ⊙ nn. प्रवाहिका, संग्रहणी, अतिसार, दस्त।

diarthrosis n. (श०र०शा०) परिचेष्ट सन्धि, अस्थियोंका जोड़।

diary n. दैनन्दिनी, दैनिकी, रोजनामचा, दिनपत्रिका, डायरी; रोजनामचेके खानोंवाली डायरी; दिनचर्या-लेख या विवरण; घटनाओंका दैनिक विवरण।

diascope n. पारेक्ष।

diastase n. (रसा०) परितिष्ठेज, श्वेतसार-किण्व, विकर, मण्ड, खमीर, डायस्टेज।

diastasis n. अस्थि-विभेद, अस्थि-स्खलन, मोच, अस्थियोंका बिना टूटे उतर जाना, हड्डी उखड़ना।

diastatic (अनियत), **-asic** aa. परितिष्ठेजीय, श्वेतसार-किण्व-सम्बन्धी, विभेदीय, डायस्टेज-सम्बन्धी।

diastema n. दन्ति-सन्धि, दन्तावकाश, दो दाँतोंके बीचका रिक्त स्थान।

diastole n. हृत्स्फार, परिनिक्षेप, हृदयप्रसरण, अनुशिथिलन; *systole and* ~ (प्रायः ला०) संकुचन तथा प्रसरण।

diastolic a. हृत्स्फारी।

diathermancy n. ऊष्मपारेषिता, पारतापकता।

diathermanous, -mic a. ऊष्मपारेषी, पारतापक।

diathermy n. पारतापन, ऊतितापन, विद्युत्तापन, शरीरकी गहरी स्नायुओंमें ताप उत्पन्न करनेके लिए विद्युत्धाराका प्रयोग।

diathesis n. (निदान) शरीर-गठन, प्रवणता, शरीरके हिलाने या फरकानेका विशेष अभ्यास।

diathetic a. शरीर-गठनसे सम्बन्धित।

diatom n. द्व्यणुक, द्विखण्ड; एक कोषविशिष्ट सूक्ष्म जलज उद्भिज, डायटम।

diatomaceous a. उपर्युक्त उद्भिजसे युक्त।

diatomic a. (रसा०) द्व्यणु, द्विपरमाणिक, द्विपरमाणुक, द्व्यणुक, दो परमाणुवाला; हाइड्रोजनके पुनःस्थापन योग्य दो परमाणुओंवाला।

diatomicity n. द्व्यणुता, द्विपरमाणिकता।

diatonic a. (संगीत) सप्तक, अन्तरतान; सप्तक-सम्बन्धी।

diatribe n. अधिक्षेप, दोषारोपण; अपवक्तता, गाली-गलौज; कुत्सात्मक लेख।

diatropism n. (वन०) तिरोवर्तना, समकोण स्थिति।

dib v. i. डुबकी लगाना।

dibasic a. द्विपैठिक, द्विपीठ।

dibber n. रोपछिद्रक, खनित्र, खुरपा।

dibble १. n. रोपछिद्रक, फाली, खोंसनी, खुरपी, एक प्रकारकी कुदाली; २. v.t. & i. छिद्ररोपण करना, भूमिको कुदालीसे खोदकर ठीक करना, तैयार करना; खुरपी या कुदालीसे खोदकर पौधा लगाना या बोना; खुरपी चलाना।

dibbling n. छिद्ररोपण, खुरपेसे बुआई।

dibs n. धन, रुपया-पैसा; गणनाके लिए ताशके कुछ खेलोंमें प्रयुक्त होनेवाली गुट्टियाँ; (बहु०) बच्चोंका

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

एक खेल ।

dibstone n. गुट्टी, गोटी ।

dicacity n. शब्दाडम्बर, शब्दजाल, बातूनीपन, बड़बोलापन ।

dicast, dicastery nn. एथेन्सकी शपथजनी ।

dice[1] n. (बहु०) अक्ष, पाश, पाँसा ।

dice[2] v.t. & i. चौसर या पाँसा खेलना; जुएमें उड़ा देना; खाने बनाना, रंग-बिरंगे चारखाने बनाना; मांसको छोटे-छोटे टुकड़ोंमें करना ।

dicephalous a. द्वि-मस्तकीय, दो मस्तकवाला ।

dicer n. फड़बाज, चौसरबाज, जुआड़ी ।

dichasial a. (वन०) द्विशाखी, द्व्यंग ।

diched ⊙ a. दुर्घटना-ग्रस्त, पटरीपरसे उतरी हुई (जैसे, *train was* ~) ।

dichlamydeous a. (वन०) द्वि-परिपुष्प ।

dichogamy n. (वन०) पृथक्पक्वता; पृथक् उत्पादन ।

dichord n. वीणा विशेष, एक प्राचीन दुतारा ।

dichotomic, dichotomous aa. (वन०) युग्म-शाखीय, द्विभाग; द्विक्-छेदन-सम्बन्धी ।

dichotomist n. युग्मशाखी; द्विक्-छेदक ।

dichotomize v.t. & i. द्विक्छेदन करना, दो टूक करना, दो भागोंमें विभक्त करना ।

dichotomous a. दे० DICHOTOMIC.

dichotomy n. (वन०) युग्मशाखिता, द्विक्-रचना; द्वन्द्व-विभाग; द्वन्द्व विभाजन, द्विक्-छेदन, द्वि-भाजन; दो टूक ।

dichroic a. द्विवर्ण, दुरंगा ।

dichroism n. नानावर्णता, द्विवर्ण-प्रतिबिम्बिता, दुरंगी ।

dichromate a. द्विवर्णीय ।

dichromatic a. नानावर्णिक, द्विवर्णिक, द्विवर्णात्मक, दुरंगा ।

dichromatism n. नानावर्णता, द्विवर्णता ।

dichromic a. द्विवर्णिक, दुरंगा ।

dicing n. अक्ष-क्रीड़ा, पासेका खेल (~ *house*) ।

dick n. (ग्रा०) *take one's* ~ *that* or *to it* शपथ लेना, प्रमाणित करना, दृढ़ताके साथ कहना, निश्चयके साथ कहना ।

dickens n. (बोल०) राक्षस, शैतान, पिशाच, भूत ।

dicker[1] n. आधी कोड़ी, दश, दस ।

dicker[2] v.i. विनिमय-प्रथासे व्यापार करना, चुकाना, सौदेबाजी करना, मोल-भाव करना ⊙ ।

dicky[1], **-ey** n. गाड़ीके पीछे नौकरका स्थान, कोचबक्स; ऊपरी वस्त्रकी रक्षाका पहिरावा, बच्चोंका ऐपरन; अलगसे लगाया जानेवाला कमीजका सामनेका भाग; (बोल० तथा ग्रा०) रासभ, गदहा; (~-*bird* भी) छोटा पक्षी

dicky[2] a. (ग्रा०) सड़ा, टूटा फूटा ।

diclinic a. द्विप्रवणिक, जिसकी दो धुरियाँ झुकी हों ।

diclinism n. द्वियोनिता, द्विलिंगता ।

diclinous a. (वन०) एकांग, एकलिंग (पुष्प) ।

dicotyledon n. द्विबीजपत्र, द्विदली, दो बीजदलवाला पौधा ।

dicotyledonous a. द्विबीजपत्रीय, द्विबीजपत्री, द्विपत्री, दो बीजदलवाला ।

dicrotic a. द्विस्पन्दन-, दोहरी नाड़ीसे सम्बन्धित ।

dicrotism n. द्विस्पन्दन; नाड़ीका दोहरा होकर चलना ।

dicta n. कहावतें, उक्तियाँ ।

dictaphone n. श्रुतभाष, ध्वनि-ग्राहक-यन्त्र, डिक्टाफोन ।

dictate[1] n. अधिदेशन, आदेश, आरोपण, शासन, प्रेरणा, आज्ञा (प्रायः युक्ति, आत्मा, प्रकृति आदिकी); लेखापन, लिखवाई ।

dictate[2] v.t. & i. अधिप्रेरित करना, आदेश देना, अधिकारपूर्वक आज्ञा देना, हुक्म चलाना; विधान बनाना, नादिरी हुक्म चलाना (*will not be* ~*d to*) लेखापन करना, लिखाना, लिखनेके लिए बोलना, इमला बोलना ।

dictation n. आदेश, आज्ञापन, श्रुतलेखन, श्रुतलेख; आज्ञापूर्वक कथन, हिदायत, नादिरी हुक्म; इमला, इबारत ।

dictator n. किसी भी क्षेत्रमें तानाशाह प्रभु; एकशास्ता, अधिनायक, एकाधिपति, एकाधिकारी, निरंकुश शासक, तानाशाह; लिखाई करानेवाला, इमला लिखानेवाला ।

dictatorial a. एकशास्तृक, अधिनायकीय, एकाधिपतीय, एकाधिकारिक, एकाधिपति-सम्बन्धी; अनियन्त्रित, निरंकुश; अवलिप्त, उद्धत, अभिमानी, डीठ ।

dictatorship n. एकशास्तृत्व, अधिनायकत्व, एकाधिपत्य, एकाधिकार, तानाशाही ।

dictatory a. अनियन्त्रित, एकाधिकृत, अधिनायकीय ।

dictatress n. अधिनायिका, एकाधिकारिणी, निरंकुश शासिका, तानाशाह; लिखाई करानेवाली, इमला लिखानेवाली ।

diction n. वाक्य-विन्यास, वाक्सरणि, वाणी, भाषा, शब्दविन्यास-रीति, वाक् या लेखनशैली ।

dictionary n. अभिधान, शब्दसंग्रह, शब्दकोष, कोष, कोश (*English* ~); ~ English, style etc. निर्दोष, यथार्थ, बिलकुल शुद्ध भाषा, कोषकी भाषा, पाण्डित्यपूर्ण भाषा; walking or living ~ बहुश्रुत व्यक्ति ।

dictograph n. ध्वनिग्राहक यन्त्र, एक कमरेमें उत्पन्न शब्दको दूसरे कमरेमें ग्रहण करनेवाला यन्त्र ।

dictum n. (pl. *-a, -ums*) सिद्धान्त-वाक्य, परिनियम, नियम; अभ्युक्ति, आदेश, वाक्य, वचन; न्यायाधीशकी सम्मतिकी अभिव्यक्ति (जिसकी कोई वैध मान्यता न हो); विनिश्चय ।

did p.t. दे० DO.

didactic, didactical aa. शिक्षात्मक, उपदेशात्मक औपदेशिक, प्रबोधक, उपदेशककी रीतिका ।

didacticism n. शिक्षात्मकता, उपदेशात्मकता, उपदेशवाद, प्रबोधकता ।

didactics n. उपदेश देनेकी कला, शिक्षा-पद्धति ।

didactyl a. द्व्यंगुल, दो पंजे या दो अँगुलियोंवाला ।

didapper n. जलका पक्षी ।

didascalic a. प्रबोधक, उपदेशात्मक; अध्यापकीय,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

शिक्षक-सम्बन्धी ।

didder v. i. ठण्डसे काँपना, थरथराना, कँपकँपाना ।

diddle १. v.t. (ग्रा०) धोखा देना, ठगना, बहकाना; २. v. i. लड़खड़ाना, लुढ़कना, डगमगाना ।

diddler n. प्रतारक, वंचक, ठग ।

didos ⊙ n. छलाँग, उछाल, कूद-फाँद ।

didst p.t. 2nd person दे० DO.

didymium n. पाण्डुरसा, डेडिमियम धातु ।

didymous a. (वन०) यमज, युग्म, जुड़वाँ ।

die[1] n. (pl. *dice*, *-s*) अक्ष, पाश, पासा, पासेका खेल; पाँसा, जुआ आदि खेलोंमें प्रयुक्त होनेवाला छः पहलुओंवाला टुकड़ा; (स्था०) खम्भेका चौखूटा निचला भाग; अंक, रूपदा, साँचा, ठप्पा; ~-sinker ठप्पेसाज, साँचे बनानेवाला; ~-sinking ठप्पेसाजी, साँचे बनाना; *the ~ is cast* पाँसा पड़ गया है, मामला अटल है, तय है; *upon the ~* दाँव लगाकर, खतरेमें पड़कर;

~-cast, ~ casting, ~-cast metal, ~-cut, ~-hammer, ~-maker, ~-making, ~ square, ~-work.

die[2] v. i. देहावसान होना, देहान्त होना, प्राण त्यागना, शरीर छोड़ना, समाप्त होना, चोला छूटना, दम टूटना या निकलना, मृत्यु होना, चल बसना, मरना; (प्रा०) मृत्युका-सा दुःख सहना, बेमौत मरना (*I ~ daily*); आध्यात्मिक मृत्यु होना, आध्यात्मिक रूपसे मरना; विस्मृत हो जाना, लुप्त हो जाना, मिट जाना, बुझ जाना; मुरझाना, सूख जाना; नष्ट होना; ~-away निरुत्साह, क्षीणशक्ति; ~-hard अनुदार दलका व्यक्ति, हठी, कट्टर, विरोधी, विरोध करनेवाला राजनीतिज्ञ व्यक्ति; ~-hards पैदलोंकी सत्तावनवीं रेजीमेण्ट; *be dying for* महत्त्वाकांक्षा करना, लालसा रखना; *~ game* बहादुरीसे जान देना; *~ hard* कठिनतासे प्राण देना; *~ in harness* काम करते-करते मृत्युको प्राप्त करना, काम काजमें मरना; *~ in last ditch* कायरकी भाँति मरना; *~ in* one's *bed* स्वमृत्युसे मरना; *~ in* one's *boots* or *shoes* मारा जाना; *~ of laughing* हँसते-हँसते थक जाना, बेदम हो जाना; *~ off* तुरन्त मरना; *~ out* क्षीण होना, लुप्त होना, *~ the death* मार डाला जाना; *~ unto* पापके पंजेसे छूटना; *never say ~* हिम्मत न हारना ।

dieb n. (उत्तरी अफ्रीकाका) जंगली कुत्ता, दीब ।

dielectric n. & a. पारद्युतिक, अचालक, बिजली रोकनेवाला, पृथक्न्यासक (माध्यम या वस्तु) ।

Diesel n. ~ engine (जर्मनीके *Dr. R. Diesel* द्वारा आविष्कृत) एक प्रकारका तेलका इंजिन;

~ cycle, ~-electric, ~ fuel, ~ mechanic, ~ motor, ~ oil, ~ train.

diesis n. मुद्रण-चिह्न (‡), द्विशूल ।

diet[1] १. n. आहार, भोजन, खुराक; दैनिक भोजन; मिताहार, नियमित आहार, भक्ष्य, पथ्य; खिलानेका ढंग; अन्न, धान्य, खाद्य पदार्थ, अनाज; पोषाहार, आहार-पोषण; सम्भृति; २. v.t. पोषण करना, मिताहार देना या करना, पथ्य देना; (दण्डके तौरपर) नियत आहार देना; *~ money* आहार-व्यय, खुराकी, भत्ता;

~ bread, ~ drink, ~ charges, ~ register, ~ survey.

diet[2] n. राज्यपरिषद्, राज्यसभा, संसद्, परिषद्, अधिसभा, सदन, विधानसभा, व्यवस्थापिका सभा; अन्तर्राष्ट्रीय अथवा राष्ट्रीय सम्मेलन, संघ, सभा, कान्फ्रेंस ।

dietarian n. पथ्यसे भोजन करनेवाला, नियमाहारी ।

dietary n. & a. आहारावली, दैनिक आहार, भोजन-क्रम, पथ्य; आहारिक, आहारीय, पथ्य-सम्बन्धी, भोजन-सम्बन्धी; औषधालय या अस्पताल आदिमें दिये जानेवाले भोजनकी मात्रा या परिमाण; नियत आहारकी तालिका या सूची; ~ arrangement आहार-प्रबन्ध ।

dieter n. पथ्य सेवन करनेवाला ।

dietetic a. पथ्य-विषयक, पथ्य सम्बन्धी, भोजन-सम्बन्धी ।

dietetics, dietics nn. आहारिकी, आहार-शास्त्र, आहारविद्या, पथ्य-तत्त्व, भोजन-विज्ञान ।

dietetist n. DIETIST.

dietine n. एक छोटी विधान-सभा ।

dieting n. आहार, आहार-व्यवस्था ।

dietist n. पथ्य-विज्ञान-वेत्ता ।

dietitian, dietician n. पथ्यभोक्ता, पथ्य लेनेवाला, नियत भोजन करनेवाला ।

differ v. i. विशिष्ट होना, पृथक् होना, भेद होना, अन्तर होना, भिन्न होना, अलग होना; असदृश या असमान होना, अनमेल होना; असम्मत होना, असहमत होना, भिन्नमत होना, मतभेद होना ⊙; *agree to ~* एक-दूसरेको स्वमतानुकूल करनेके प्रयत्नका परित्याग करना, असहमत या असम्मत होनेके लिए निर्णय कर लेना ।

difference n. असादृश्य, असदृशता, असाम्य, असमानता, वैषम्य, पार्थक्य, व्यतिरेक, पृथकता, वैभिन्य, विभिन्नता, भिन्नत्व, अन्तर, फर्क; मतद्वैध, मतभेद, विभेद, असम्मति, असहमति; विवाद, कलह, झगड़ा; वैपरीत्य, वैलक्षण्य, विरोध; मतभेद-स्थल, भेद-विषय; वैयक्तिक या जातीय वैशिष्ट्य, भेदक चिह्न; निश्चित तिथियोंके बीच ऋण-पत्र (स्टाक) आदिके मूल्यमें परिवर्तन (*pay, meet, the ~*); अवशेष, शेष, घटाव, बाकी; *it makes a great ~* यह बात बहुत महत्त्वपूर्ण है; *make a ~ between* सदृश व्यवहार न करना, विभिन्न रूपसे व्यवहार करना, भेदभावसे वर्ताव करना; *split the ~* मतभेद दूर करना, समझौता करना ।

different* a. विशिष्ट, विषम, असदृश, पृथक्, भिन्न*, भिन्न भिन्न, असमान, इतर, अन्य, दूसरा, अलग*, बेजोड़, अनोखा; विविध, नाना; प्रकीर्ण; असामान्य, असाधारण ⊙ ।

differentia n. (pl. *-ae*) वैलक्षण्य, वैशिष्ट्य, अवच्छेदक, जातिगत भेदक चिह्न ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

differential[1] n. (गणित) अवकल (~ *geometry*,; २. a. विशिष्ट, वैशिष्ट्यपूर्ण, वर्गगत या जातिगत (विभिन्नतासे सम्बन्धित) (~ *diagnosis*); विशेषक, वेचक, पार्थक्यसूचक, विभेदक, भेदात्मक, भिन्नक, भेदकर, भेदीय; (भौति०, यन्त्र०) दो या दोसे अधिक गति या भार आदिके अन्तरसे सम्बन्धित (~ *gear*); ~ calculus चलन कलन; ~ contraction भिन्न संकोचन; ~ duties, charges, tariff समयानुसार परिवर्तन शील कर, दर आदि; ~ rule भिन्नक नियम।

differential[2] n. एकही कारखानेके कुशल एवं अकुशल (अनाड़ी) श्रमजीवियोंमें अन्तर; कारखानोंके श्रमिकमें भेद।

differentiate v.t. & i. धीरे-धीरे असदृश या असमान करना या होना, भिन्न करना, अन्तर लाना या होना; विशेषता बताना, विभेद करना, अलग-अलग करना, भेद जान लेना, अन्तर जानना, पहचानना, चीन्हना; भेदभाव करना, (गणित) अवकलन करना।

differentiated a. भेदित, अन्तरित।

differentiation n. असदृशीकरण, विभेदककरण, वेचन, विभिन्नता, भेदभाव, भेदज्ञता; (गणित) अवकलन।

difficile a. कठिन, दुष्कर।

difficult a. दुर्बोध, दुर्गम, गहन, गूढ़, असुगम, कष्टसाध्य, सुदुश्चर, दुःसाध्य, जटिल, दुष्कर, विकट, विषम, कठिन, कड़ा, मुश्किल (~ *of access, to answer etc.*); ~ *to get* दुष्प्राप्य।

difficulty n. अवबाधा, विघ्न, बाधा, रुकावट; व्यग्रता, क्लेश, परेशानी; कृच्छ्र, दुर्बोधता, दुःसाध्यता, दुष्करता, गूढ़ता, दुर्गमता, अस्पष्टता, जटिलता, कठिनता, कठिनाई, दिक्कत; विषमपद, गूढ़ या अस्पष्ट या कठिन वस्तु; आपत्ति; अनिच्छा; सन्देह, शंका: *make* ~*ies* हठी होना, प्रतिकूल होना, इनकार करना।

diffidence n. आत्मसंशय, आत्मसन्देह; अप्रत्यय, आशंका, अविश्वास, संशय, झिझक; अप्रगल्भता, विनय, लज्जाशीलता, शर्मीलापन।

diffident a. आत्मविश्वासरहित, अविश्वासी; शंकाशील, संशयशील, सन्देहमय; लज्जाशील, लज्जालु, शर्मीला।

diffluence n. प्रस्रवण, (तरल पदार्थका) बहाव।

diffluent a. तरलित, प्रस्रवित, चारों ओर बहता हुआ।

diffract v.t. (प्रकाशकी किरणका) विश्लेषण करना, वियोजित करना, विवर्तित करना, टुकड़े करना।

diffraction n. व्याभंग, विवर्तन, वियोजन, विश्लेषण; नमन;
~ formula, ~ grating, ~ pattern, ~ spectroscope, ~ spectrum.

diffractive a. व्याभंगशील, व्याभंगकर, विवर्तनीय, विश्लेषणीय।

diffractiveness n. व्याभंगकरता, विवर्तन।

diffractometer n. व्याभंगमान।

diffrangible a. व्याभज्य, विवर्तनीय, विश्लेष्य।

diffusate a. प्रसृत, विस्तीर्ण, व्याप्त।

diffuse[1] v.t. & i. (भौतिक) प्रसरण या व्यापन द्वारा सम्मिलित करना, मिलाना; प्रसारण करना, प्रसरण करना या होना, प्रसृत करना, विकीर्ण करना, व्याप्त करना, विस्तृत करना, फैलाना, फैलना, पसारना, पसरना।

diffuse[2] a. प्रसृत, विकीर्ण, विस्तीर्ण, विस्तृत, व्याप्त, विस्तारशील, असंक्षिप्त।

diffused a. प्रसृत, व्याप्त, प्रसारित, सुविस्तृत, ढीला, फैला हुआ (~ *light*)।

diffuse(d)ness n. प्रसरण, प्रसार, विस्तार, फैलाव, पसार, फैलावट।

diffuser n. प्रसारी, प्रसरण करनेवाला, प्रसारण करनेवाला, फैलानेवाला।

diffusibility n. प्रसार्यता, प्रसरणशीलता, प्रसरण या व्यापन द्वारा सम्मिलित करनेकी योग्यता।

diffusible a. प्रसार्य।

diffusibleness n. = DIFFUSIBILITY.

diffusion n. विसरण, अपसर्पण, प्रसृति, प्रसारण, प्रसरण, प्रसार, व्यापन, व्यापकता, विस्तार, फैलाव, पसार;
~ air pump, ~ analysis, ~ battery, ~ battery system, ~ bulb, ~ cell, ~ circles, ~ constant, ~ gradient, ~ law, ~ process, ~ shell, ~ theory.

diffusive a. प्रसारी, व्यापी।

diffusiveness, diffusivity nn. प्रसारिता, व्याप्ति, विस्तृति, प्रसरणता, व्यापकत्व, विस्तार, फैलाव, फैलावट; प्रपंच, वाग्विस्तार, वाक्यविस्तार।

dig १. n. खुदाई, गोड़ाई; भोंकाई; धोंप; २. v.t. & i. चुभाना, भोंकना, गुदगुदाना; खोदकर छेद करना, खोखला बनाना, सुरंग बनाना; उत्खनन करना, कुरेदना, फावड़ा, चंगुल, हाथ आदिसे खोदना, गोड़ना, उलटना; खोदकर (आलू) निकालना; गवेषणा करना, अन्वेषण करना, शोध या खोज करना; धोंपना, भोंक देना, भोंकना, गड़ाना; (पसलीमें) गुदगुदाना; ~ *a pit for* (ला०) जाल बिछाना, फँसानेकी चेष्टा करना; ~ *at* (किसीपर) व्यंग्य या चोट करना; ~ *down* गिरा देना; ~ *up* (बंजर भूमिको) जोत डालना।

digamist n. द्विविवाहका हामी, पुनर्विवाहके सिद्धान्तवाला।

digamma n. प्राचीन यूनानी वर्णमालाका छठा वर्ण।

digamous a. पुनर्विवाह-सम्बन्धी।

digamy n. पुनर्विवाह, द्वितीय विवाह।

digastric a. द्विजठर, दोपेट्ट, द्विमांसल।

digenesis n. द्विजनन।

digest[1] n. निबन्ध; सारसंग्रह, संक्षिप्त पुस्तक; the D~ जस्टीनियनकी आज्ञासे संकलित Digest नामकी पुस्तक।

digest[2] v.t. & i. (विजित राज्य आदिको) आत्मसात् करना, मिलाना; मस्तिष्कमें क्रमसे रखना, विचार रखना; संक्षिप्त करना; वर्गीकृत करना, क्रमबद्ध रखना, क्रमपूर्वक रखना; किसी वस्तुसे मानसिक शक्ति लेना, प्राप्त करना

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

या खींचना; पचानेमें सहायता देना; पचाना, हजम करना, हजम होना; क्षमा करना, सुनकर पी जाना, सहना, मान लेना।

digested a. पाचित, जीर्ण।

digester n. संक्षेपक, क्रमबद्ध करनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); (विजित राज्य आदिको) मिलानेवाला; विचारक; पचानेमें सहायक; पाचित्र, पाचक; सुनकर पी जानेवाला, सहनशक्ति रखनेवाला; विशिष्ट प्रकारसे तैयार किये हुए मांसका बर्तन; झोला, तरकारी रखनेका बड़ा बर्तन।

digestibility n. विचार करनेकी योग्यता; संक्षेप्यता; क्रमबद्ध करनेकी योग्यता; पाच्यता; पाचन-शक्ति; क्षमता, पात्रता, सहनशीलता।

digestible a. विचारणीय; संक्षेप्य; क्रमबद्ध करने योग्य; मिलाने योग्य; पाच्य, पाचन-योग्य; सह्य; क्षम्य।

digestibleness n. = DIGESTIBILITY.

digesting n. पाचन।

digestion* n. जठराग्नि, पाचन-शक्ति, हाजमा (*a good, weak, ~*); पाचन, पचन* (*hard, easy of ~*); बन्द बर्तनमें थोड़े जलादिके साथ पका हुआ मांस; तत्त्व या सार निकालनेके लिए तप्त द्रवमें डुबोना।

digestive n. & a. पाचक (*~ juice*), पाचनशील, पाचन-शक्तिकी सहायक वस्तु, पाचन शक्तिको सुधारनेवाला; फोड़ेको पका देनेवाला लेप; *~ organ* पचनांग।

diggable a. खन्य, खोदने योग्य।

digger n. खनक, खनयिता, कुरेदनेवाला, फावड़ा आदिसे खोदनेवाला; खोदकर प्राप्त करनेवाला, खोदकर मार्ग निकालनेवाला; सुरंग आदि बनानेवाला; गवेषणा करनेवाला; भोंकनेवाला, गुदगुदानेवाला इत्यादि (क्रियागत अर्थोंमें); (प्रा०) आस्ट्रेलिया-निवासी; विभिन्न कलोंका खोदनेवाला पुरजा; *~s* उत्तरी अमरीकाके जड़ें खोदकर खानेवाले आदिवासी।

digging n. खुदाई; सुरंग-निर्माण; गवेषणा, खोज, मार्गकी खोज, चोभ, भोंक; गुदगुदी; (pl.) स्वर्णक्षेत्र, सोनेकी खान; आवास, किरायेके कमरे।

dight v.t. अलंकृत करना, भूषित करना, मण्डित करना, सुसज्जित करना, तैयार करना, सँवारना, सजाना।

digit n. अंगुल; उँगलीकी चौड़ाई; उँगुली; (० से ९ तकका कोई) अंक, संख्या; (फ० ज्यो०) (ग्रहण-मापमें) सूर्य या चन्द्रके व्यासका द्वादश राशिगत अंश, कला, रेखा।

digital a. आंगुलिक, अँगूठा या उँगलीसे सम्बन्धित; अंक-सम्बन्धी, ० से ९ तककी किसी संख्यासे सम्बन्धित; कला सम्बन्धी।

digitalein n. अंगुलकिन।

digitaliform a. अंगुल्याकार।

digitalin a. अंगुलकि।

digitalis n. अंगुलक, लोमशी पौधेसे निर्मित ओषधि, नागफनीका रस;
~ folium, ~ group, ~ leaf, ~ powder, ~ tincture.

digitate, -ated a. विकिरक; सांगुल, अंगुलिवान्, अंगुलाकार, पंजेदार।

digitation n. अंगुलिवत्ता, अंगुलाकार होना, पंजादार होना।

digitiform a. (वन०) अंगुल्याकार, अँगुलियोंके आकारका।

digitigrade a. अंगुलिचारी, पंजोंके बल चलनेवाला।

digitigradism n. अंगुलिचारिता।

digitorium n. अंगुलि-वर्म, एक प्रकारका यंत्र जो पियानो बजानेके लिए अँगुलियोंमें पहना जाता है।

digitoxin n. लोमशी झाड़ीका विष, नागफनीका रस।

diglot a. द्विभाषिक, दुभाषिया, दो भाषाओंका प्रयोग करनेवाला; दो भाषाओंका।

diglyph n. द्विप्रणालीय, उभरा भाग जिसमें दो नालियाँ बनी हों।

dignified a. महाप्रताप, गौरवपूर्ण, गरिमा-सम्पन्न, प्रतिष्ठापूर्ण, सम्मानित, मानी, ओजस्वी, शोभन, शोभायुक्त, आत्मप्रतिष्ठित, शानदार।

dignify v.t. गौरवान्वित करना, प्रतिष्ठित बनाना; सम्मानित करना, शोभायुक्त करना, योग्य बनाना, शानदार बनाना; अत्यधिक प्रशंसा करना, सत्कार करना, पूजना, सम्मानित करना, छोटी चीजको उच्च पदपर रखना, बढ़ाना (*school ~ied with name of college*)।

dignitary n. शिष्टजन, मान्यजन, महानुभाव; उच्चपदधारी, उच्चपदाधिकारी।

dignity n. आदरणीय उच्चपद, पद, पदवी; महिमा, प्रताप, गरिमा, गौरव, माहात्म्य, महत्त्व, सम्मान, शोभा (*the ~ of labour*); अनुभाव, मान, आभिजात्य, प्रतिष्ठा (*beneath one's ~*); उत्कर्ष, आनबान, ठाठबाट, शान; *~ ball* हव्शियोंका सार्वजनिक नृत्य।

digoneutic a. वर्षमें दो बार बच्चे देनेवाली।

digonous a. द्विकोण।

digraph n. एकध्वनिसूचक द्विवर्ण, एक उच्चारण प्रकट करनेवाला दो अक्षरोंका समुदाय।

digraphic a. द्व्यक्षरी, द्विवर्ण, द्विलिपि।

digress v. i. विषयान्तर करना, अप्रस्तुत बोलना या लिखना, असंगत या असम्बद्ध होना, प्रसंगसे बहकना, लेख या भाषणमें थोड़ी देरके लिए अप्रासंगिक होना; विपथगामी होना, पथच्युत होना, पथभ्रष्ट होना, विचलित होना, हट जाना, भटक जाना।

digression n. विषयान्तरण; अप्रासंगिकता; पथविच्युति, पथभ्रंश, उत्क्रम, भ्रंश, विचलन, भटकाव, भूल-भटक।

digressional, digressive aa. अप्रस्तुत, अप्रासंगिक, असंगत, असम्बद्ध; विच्युत अनन्वित।

digynous a. (वन०) द्विकेसर, द्विगर्भ।

dihedral a. द्वितल, दो भुजा अथवा पहलवाला।

dihedron n. (ज्या०) द्वितल, द्विभुज आकृति।

dihexagonal a. द्विषट्कोण, बारह कोणोंका (जिसमें छः सम और छः विषम होते हैं)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

dik-dik n. (अफ्रीकी) हिरन, डिक-डिक, छोटा वारह-सिंघा।

dike, dyke १. n. जलधरण, सेतु, पुल, बाँध, मोरचा, रोक; पुलिया, छोटा पुल; (ला०) अवरोध, रक्षा, बाधा, रोक; प्रणाल, प्राकृतिक जलप्रवाह; खाति, परिखा, खन्दक, खाईं, गड्ढा; बन्ध, मेंड़, नीची दीवाल; रालभित्ति; (खनिज तथा भूगर्भ०) किसी पदार्थके संचित होनेसे भरी हुई चट्टान की दरार; इस प्रकारका संचित पदार्थ; २. v.t. खन्दक, खाईं, बाँध, मेंड़ आदि बनाना या बनाकर सुरक्षा करना; ~-reeve दस जिलोंके नालों, जलमार्गों तथा समुद्री तटोंकी देख-भाल करनेवाला अधिकारी।

dilacerate v.t. विदारण-करना, फाड़ डालना, चीरना।

dilaceration n. विदारण, चीर-फाड़, फाड़ डालनेकी क्रिया।

dilapidate v.t. & i. जीर्ण-शीर्ण करना या होना, क्षय करना या होना, ध्वंस करना या होना, विनाश करना या होना, उच्छिन्न करना या होना, नष्ट करना या होना।

dilapidated a. जीर्ण-शीर्ण, विध्वस्त, विनष्ट, उच्छिन्न, टूटा-फूटा।

dilapidation n. परिक्षयण, क्षय, उद्ध्वंस, विध्वंस, ध्वंस, अवहास, शीर्णावस्था, जीर्णावस्था, जीर्णशीर्णता, विनाश, उच्छेद, टूट-फूट, उजड़ना; टीलों या पहाड़ियोंके किसी भागका पतन; पतनके कारण मलवा, टूटे हुए टुकड़े; क्षतिपूर्ति, किरायेके समयके अन्दर की हुई क्षतिका भावजा।

dilapidator n. विध्वंसक, विनाशक, उच्छेदक, तहस-नहस करनेवाला।

dilatability n. विस्तार्यता, बढ़ाने या बढ़नेकी शक्ति, लचीलापन।

dilatable a. विस्तार्य, विस्तार करने योग्य, बढ़ाने या बढ़ने योग्य, लचीला, चौड़ा करने या होने योग्य।

dilatancy n. प्रसारावधि, प्रसारक्षेत्र, विस्तार।

dilatation n. घनप्रसार, अभिस्तरण, विस्तारण, विस्तार, विकास, विकासन, संवृद्धि, फैलाव।

dilate v.t. & i. विस्तार करना, अभिस्तरण करना, प्रसृत करना या होना, विस्तृत करना या होना, फैलाना, फैलना, बढ़ाना, बढ़ना, चौड़ा करना या होना; विवरण देना, सविस्तार वर्णन करना।

dilated a. अभिस्तीर्ण, विस्तृत, संवृद्ध, विकसित, उत्फुल्ल।

dilater n. अभिस्तारक, संवर्धक, फैलानेवाला, चौड़ा करनेवाला।

dilation n. = DILATATION.

dilative a. अभिस्तारी, विस्तारशील, फैलनेवाला।

dilator n. (श०र०शा०) अभिस्तारक; ~ muscle प्रसारक मांसपेशी, किसी अंगको फैलानेवाला पुट्ठा।

dilatoriness n. दीर्घसूत्रता, विलम्ब, शिथिलता, मन्दता, मान्द्य, धीमापन, ढीलापन, सुस्ती।

dilatory a. दीर्घसूत्री, विलम्बकारी, विलम्बी, मन्थर, शिथिल, मन्द, ढीला, धीमा, सुस्त, काहिल, देर करने वाला, देर लगानेवाला (~ *tactics*)।

dilemma n. उभयापत्ति, विकल्प, दुविधा, असमंजस, कठिनाई, कशमकश; उभयसम्भव तर्क; horns of a ~ विकल्प।

dilemmatic a. विकल्पात्मक, दुविधात्मक, असमंजस-पूर्ण; उभयसम्भव तर्कसे सम्बन्धित।

dilettante १. n. (pl. *-i*) कलानुरागी, कलाप्रेमी, हुनरपसन्द, किसी कलामें अपरिपक्व व्यक्ति, नवसिखुआ; २. a. नगण्य, तुच्छ, अपरिपक्व, अपक्व, अपूर्ण, साधारण।

dilettantish a. कलानुरागी, कलाप्रेमी।

dilettantism n. कलानुराग, कलाप्रेम; अपरिपक्व कला।

diligence[1] n. कर्मिष्ठता, अध्यवसायपूर्णता, उद्योग-शीलता; अध्यवसाय, उद्यम, उद्योग, प्रयत्न, उत्साह, परिश्रम, मेहनत; (कानून) समवेक्षा।

diligence[2] n. विदेशी सार्वजनिक डाककी गाड़ी, बग्घी, छकड़ा।

diligent a. कर्मिष्ठ, अध्यवसायी, कर्त्तव्यपरायण, उद्यमशील, उद्यमी, उद्योगी, प्रयत्नशील, परिश्रमी, उत्साही, मेहनती; समवेक्षी।

dill n. शतपुष्पिका, शतपर्णी, मधुरिका लता, सोआ, एक छत्तेदार बूटी (~-*water*)।

dilly n. गाड़ी, बहली; थैला, झोला (आस्ट्रेलियामें)।

dilly-dally v. i. विलम्ब करना, सुस्ती करना, देर लगाना, ढील डालना; (बोल०) हिचकिचाना, टालमटोल करना, पसोपेश करना, अब-तब करना।

dilogy n. श्लेष, द्व्यर्थकता, द्व्यर्थत्व।

diluent n. & a. तनुकारक (वस्तु); अवमिश्रक, मन्दक, मन्दकर्ता; रक्तादिमें जलानुपात-वर्धक (पदार्थ)।

dilute[1] v.t. (रंग) हलका करना, फीका करना; (उत्साह, सिद्धान्तको) धीमा करना, पानी डाल देना, ठण्डा करना; अपचित करना, अवमिश्रण करना, क्षीण करना; तनु करना, मन्दन करना, मन्द करना, जलमिश्रणसे पतला करना, पानी मिलाना; ~ labour प्रवीण मजदूरोंके स्थानपर अप्रवीण मजदूर या औरतें रखना।

dilute[2] a. हलका, फीका (रंग); (ला०) स्वादहीन, फीका, बेमजा; मन्द; अपचित, क्षीणीकृत, तनु, तनुकृत, हलका, पतला; जलमिश्रित।

diluted a. अवमिश्रित; मन्दित।

dilutee n. नौसिखुआ, अनगढ़ कारीगर।

diluter n. अवमिश्रक, विलेयक।

dilution n. (रगका) क्षीणत्व, हलका करना; अपचिति, तनुता; क्षीणीकरण, अवमिश्रण; मन्दन; ~ law, ~ ratio, ~ rule, ~ tube.

dilutor n. अवमिश्रयिता, मन्दयिता।

diluvial a. जल-विप्लव-सम्बन्धी; (भूगर्भ०) संचयसे सम्बन्धित; ~ theory, changes बाढ़पर निर्भर या जल-विप्लवकी भयंकर प्रतिक्रिया।

diluvialist n. जलविप्लववादी।

diluvian a. बाढ़-सम्बन्धी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

diluvium n. विप्रवाहमृद् , बाढ़की लायी हुई मिट्टी ।

dim १. v.t. & i. प्रकाशहीन होना, मन्द करना या होना, धुँधला बनाना या होना, धीमा करना या होना; २. a. निष्प्रभ, प्रकाशहीन, अस्पष्ट, मलिन, अव्यक्त, अन्धकारमय, मन्द, धुँधला, बेचमक, फीका, धीमा, मद्धिम; अस्पष्ट रूपसे देखना या देखा हुआ ।

dime ⊙ n. चाँदीकी एक मुद्रा (डालरकी १/१०); ~ novel सस्ता उपन्यास ।

dimension n. (बीजग०) घात, गुणनफलमें अज्ञात मूल्यकी संख्या; आयाम, विस्तार, माप, मान, परिमाण, मात्रा, नाप, लम्बाई, चौड़ाई, गहराई, मोटाई (प्रायः बहु० में); fourth ~ चतुर्थ आयाम, चतुर्थ परिमाण, गणितमें पदार्थका गुण; the three ~s लम्बाई, चौड़ाई और मोटाई ।

dimensional a. घातीय, परिमाण-सम्बन्धी, माप-सम्बन्धी, आयामात्मक ।

dimensioned a. सघात, परिमाणित, आयामयुक्त ।

dimensionless a. निर्घात, घातहीन, परिमाणहीन, मापरहित ।

dimerous a. (प्राणिवि०) दो भागोंवाला, द्विखण्ड, द्वि-अवयव ।

dimetallic a. द्विधात्विक, दो धातुओंका ।

dimeter n. दो छन्दोंवाला पद ।

dimetric a. चतुष्कोण, चार कोणकी आकृतिवाला ।

dimidiate v.t. दो बराबर भागोंमें बाँटना ।

dimidiation n. द्विभाजन, आधों-आध करना ।

diminish v.t. & i उपशमन करना, शान्त करना (रोग); आहासन करना या होना, आहसन करना या होना, अपचय करना या होना, ह्रास, क्षय अथवा न्यून करना या होना, कम करना या होना, घटाना, घटना; (स्था०) एक किनारेपर नुकीला करना या होना ।

diminishable a. अपचेय, ह्रास्य, क्षय करने योग्य, न्यून करने योग्य, घटाने योग्य; एक किनारेपर नुकीला करने योग्य ।

diminished a. आहासित, आहसित, ह्रासित, ह्रसित, क्षीण, अपचित, कम; (संगीत) दो सुर एक साथ बजाते समय उनका अन्तराल आधे सुरके परिणामतक किया हुआ; *hide one's ~ head* अपनी कम शक्तिको छिपाना ।

diminisher n. ह्रासक, घटानेवाला ।

diminishing a. आहासी, क्षयी, घटनेवाला (*~ cost, utility*) ।

diminuendo n. ध्वनि-मन्दीकरण-चिह्न >; लघुस्वर, आवाजका धीरे-धीरे कम होना ।

diminution n. आहासन, आहसन, आहास, ह्रास, अवनति, न्यूनता, लघुत्व, घटती, घटाव, कमी, न्यूनीकृत या कम किया हुआ परिमाण; (संगीत) पूर्वप्रयुक्त सुरोंकी अपेक्षा निम्नतर सुरोंकी आवृत्ति ।

diminutival a. (व्या०) अल्पार्थक, लघुत्वार्थक ।

diminutive n. & a. संकुचित; अत्यधिक क्षुद्र, लघु, छोटा; (व्या०) अल्पार्थक (शब्द), लघुत्वार्थक (शब्द), क्षुद्रत्ववाचक (शब्द); क्षुद्राकृति वस्तु ।

diminutiveness n. अल्पता, लघुत्व, छोटापन; अल्पार्थकता, लघुत्वार्थकता ।

dimissory a. प्रस्थानके लिए आज्ञा देनेवाला; प्रेषक, बाहर भेजनेवाला; letters ~ (ईसाइयोंमें) अपनी संरक्षिताके बाहर किसी प्रार्थीकी नियुक्तिके लिए प्रमुख पादरीकी सम्मति ।

dimity n. डोरिया, मोटा सूती कपड़ा ।

dimmer n. मन्दक, प्रकाश धुँधला करनेका यन्त्र ।

dimmish a. मलिन, अन्धकारमय, कुछ मन्द, कुछ धुँधला, थोड़ा धीमा, मद्धिम-सा ।

dimness n. मन्दता, मलिनता, अस्पष्टता, अन्धकार, अँधेरा, धुँधलापन, धीमापन ।

dimorphic, dimorphous aa. (वन०, जन्तुवि०, रसा०, खनि०) द्वैरूपिक, द्विरूप, द्विरूपी, द्विरूपधारी, उभयरूप, दो विभिन्न रूपोंमें घटित होनेवाला, दो विभिन्न रूपोंको प्रदर्शित करनेवाला ।

dimorphism n. द्विरूपता, द्विभागशीलत्व ।

dimple १. n. जलोर्मि, जल-लहरी; गड्ढा; कपोलोर्मि, गण्डतरंग, कपोलभंग, कपोलकूपक, छोटा गड्ढा; २. v.t. & i. जलोर्मि उत्पन्न करना या होना, लहर उठाना या उठना, गड्ढा पैदा करना, गड्ढा पड़ना ।

dimpled a. ऊर्मियुक्त, गड्ढेदार ।

dimply a. ऊर्मिवान् , लहरदार, गड्ढेदार ।

dimyarian a. द्विपेशीय, अन्दरकी दो मांस-पेशियों-वाला ।

din १. n. निनाद, तुमुल, उच्चघोष, कोलाहल, कलकल, हल्ला-गुल्ला, शोरगुल; २. v.t. & i. कोलाहल करना, हल्ला मचाना, गुल-गपाड़ा करना, शोरगुल करना; कोलाहलसे स्तब्ध करना, कोलाहलसे बधिर कर देना, बहरा बना देना, कान फोड़ना; (कोई बात) कहते-कहते नाकमें दम करना ।

dinanderie n. पित्तलपात्र, घरमें काम आनेवाला पीतलका अलंकृत बर्तन ।

dinar n. दीनार, एक ईरानी मुद्रा ।

dinarchy n. द्विराजता ।

dine v.t. & i. भोज देना, दावत देना; भोजन करना, खाना खाना; (कमरेमें) भोजन करनेवालोंके बैठनेके लिए स्थान देना; ~ car गाड़ीका खानेका डिब्बा (जिसमें भोजनका प्रबन्ध रहता है); *~ off or on* भोजमें बुलाना; *~ out* घरसे बाहर भोजन करना; *~ with Duke Humphrey* भूखा रहना ।

diner n. भोजनकक्ष, (रेलमें) खानेकी गाड़ी; भोजन करनेवाला; ~-out भोज खानेवाला, दावत खानेवाला ।

ding-dong n. & a. & adv. टनाटन, घण्टोंकी क्रमशः तीव्र तथा मन्द्रध्वनि; घण्टानाद; किंकिणीरव; यमक, अनुप्रास या तुकान्त पद्यकी मधुर झनकार; ~ race दौड़ (जिसमें कभी एक कभी दूसरा आगे निकल जाय) ।

dinghy, dingey n. वायुयानको फुलाने योग्य रबड़-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

की छोटी नाव; आमोद-प्रमोदके लिए छोटी नौका, डोंगी, जहाजकी छोटी नाव।

dinginess n. मलिनता, मैलापन, कालापन, धुँधलापन, गन्दगी।

dingle n. संकीर्ण उपत्यका, वृक्षाच्छादित गहरी घाटी।

dingle-dangle adv. दोलायमान, इधर-उधर दोलित होते हुए, लटकते हुए।

dingo n. (pl. *-es*) अवि-हा, आस्ट्रेलियाका जंगली या आंधा पालतू कुत्ता, डिंगो।

dingy a. कृष्णवर्ण, मलिन, मैला, काला, धुँधला, अँधेरा, गन्दा।

dinkum a. (ग्रा०) वास्तविक, असली; ईमानदार।

dinky a. (ग्रा०) स्वच्छ, स्फूर्त, बाँका।

dinner n. सायंभोजन, दिनका प्रधान भोजन (शाम या दोपहरको); प्रीतिभोज, भोजनोत्सव, किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति या उत्सवके सम्मानमें सार्वजनिक भोज, डिनर; ~-claret भोजके समय दी जानेवाली फ्रांस देशकी मदिराविशेष; ~-dance भोजनके पश्चात् नृत्य; ~-set तश्तरी, थाली आदि; ~-sherry भोजके समय दी जानेवाली स्पेनदेशीय मदिराविशेष; ~ *without grace* विवाह विरुद्ध सम्भोग;

~ bell, ~ gown, ~ hour, ~ jacket, ~ party, ~ service, ~ table, ~ wagon.

dinnerless a. भोजनरहित, भोजनहीन।

dinoceras n. षट्शृंग, दुःशृंगी, छः सींगोंवाला एक जन्तु (जो अब नहीं है)।

dinornis n. महाधावी, दुष्पक्षी, एक बहुत बड़ा पक्षी (जो अब लुप्त हो गया है)।

dinosaur n. दनुसरट, भीमसरट, एक दीर्घकाय रेंगनेवाला जानवर, डाइनोसौर।

dinosauria n. भीमसरट-गण।

dinosaurian n. & a. दनुसरटीय, भीमसरटीय।

dinosaurus n. = DINOSAUR।

dinothere n. भीमहस्ती, दनुजन्तु, घोरजन्तु।

dint १. n. (प्रा०) अभिघात, घात, प्रहार, चोट; अभिघात द्वारा बना हुआ लक्ष्य, प्रहार-चिह्न, गड्ढा, निशान; क्षमता, सामर्थ्य, बल, शक्ति; वेग; २. v.t. अभिघातों द्वारा चिह्नित करना, चिह्न बनाना, गड्ढा बनाना, निशान बनना; *by ~ of* बलपर, बलसे, बूतेपर, जोरसे।

diocesan १. n. बिशपके प्रदेशका निवासी; प्रधान आचार्य, धर्माध्यक्ष, मण्डल या पादरीका दायित्व-प्राप्त बिशप; २. a. बिशपके प्रदेश या जिलेसे सम्बन्धित।

diocese n. बिशपका प्रदेश या हल्का।

diode n. (विद्युत्) द्विद्वार, दुनाली।

dioecious a. (वन०) अद्विलिंगी, एकलिंगी, द्विवासी, भिन्न पौधोंपर नर तथा मादा पुष्पोंको धारण करनेवाला; (जन्तु०) भिन्नलिंगी।

Dionysian, -iac n. रणदेवताका, रणदेव पूजासम्बन्धी।

diopside n. चूर्णश्मासिज, हरे भूरे रंगकी चमकीली बालू।

diopter, -tre n. वीक्षणा, एक शीशा परखनेकी इकाई।

dioptric a. वीक्षणासम्बन्धी; प्रकाशकी वक्रगति द्वारा दृष्टिको सहायता देनेवाला।

dioptrics n. वीक्षणा-शास्त्र, प्रकाश-विज्ञान।

diorama n. पारचित्र (जिसमें रंग और प्रकाशमें परिवर्तन द्वारा सूर्योदय आदिके दृश्य प्रदर्शित किये जाते हैं)।

dioramic a. उपर्युक्त चित्र-सम्बन्धी।

diorite n. श्रृंगाश्म, एक कड़ा दानेदार पत्थर।

diorthosis n. वक्रांगचिकित्सा, टेढ़े अंगको सीधा करनेकी क्रिया; (साहित्यिक) लेखका सम्पादन, सुधार।

diota n. द्विग्राहपात्र, तरल पदार्थ रखनेका एक पात्र।

dioxide n. (रसा०) द्विजारेय, द्विऑक्साइड, डाइऑक्साइड (*carbon ~*)।

dip[1] n. (बोल०) समुद्र आदिमें स्नान, डुबकी; अवगाह, गोता; डूबनेका परिमाण या सीमा; एकबार डुबोनेपर प्राप्त जल आदिका परिमाण; निम्नक, आकाशावपात, नीचेकी ओर ढाल; अभिनति, विनति, झुकाव; चरबीकी बत्ती, चरबीका प्रकाश; भेड़ आदिकी स्नानौषधि; (ग० ज्यो०) क्षितिज-अवपात; चुम्बककी सुई द्वारा क्षितिजके साथ बनाया हुआ कोण; ~-net मछलियोंके शिकारका छोटा जाल; ~-pipe, ~-trap गैस-अवरोध (नल);

~-angle, ~-circle, ~-hole, ~-holeplug, ~-stick ~-stone.

dip[2] v.t. & i. गोता देना, डालना, डुबाना; (द्रव, अनाज आदिको) फरुई या तसला आदिमें भरना; डुबोकर रँगना; (भेड़को) कीट-मारक द्रवसे तर करना; मोमको गरम चर्बीमें डुबोकर मोमबत्ती बनाना; अवगाहन करना, निमज्जन करना, गोता लगाना, डुबकी लगाना; धरातलसे नीचे जाना, डूबना (*sun ~s below horizon*); कुछ निकालनेके लिए हाथ या करछुल आदि डालना; नीचेकी ओर ढलुवाँ होना; नीचेकी ओर फैलाना या फैलना; ऋणग्रस्त होना या करना; कुछ समयके लिए (झण्डा, पाल, डाँड़ीको) झुकना या झुकाना; विहंगम दृष्टि डालना, सरसरी तौरपर देखना, कहीं-कहीं देखना या पढ़ना; पता लगाना, जाँच करना, टटोलना (*~ deep into the future*); ~ping-needle चुम्बकत्व मापनेकी सुई; *~ into one's purse* दिल खोलकर व्यय करना; *~ one's pen in gall* (लेखमें) विष उगलना।

dipchick n. = DABCHICK.

dipetalous a. (वन०) द्विदल, दो पंखुड़ियोंवाला।

diphtheria, diphtheritis, nn. प्रवलास, कण्ठरोहिणी, मांस-सन्तानिका, कण्ठका संक्रामक रोग, डिप्थीरिया।

diphtherial, diphtheric, diphtheritic, diphtheroid aa. कण्ठरोहिणीसे सम्बन्धित, डिप्थीरिया वाला।

diphthong n. सन्ध्यक्षर, संयुक्त स्वर, एक ही स्वरकी ध्वनिके व्यंजक दो स्वर; स्वरद्वय, मिश्रस्वर, सन्धि-स्वर,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

द्विस्वर-संयोग, दो स्वरोंका संयोग।

diphthongal a. संध्यक्षरीय, संयुक्तस्वरीय, स्वरद्वयात्मक, स्वरसंयोगसे सम्बन्धित।

diphthongize v.t. संयुक्तस्वर करना, संध्यक्षर उच्चारण करना, स्वरद्वय बनाना, स्वरसंयोग बनाना।

diphyllous a. (वन०) द्विपर्ण, दो पत्तियोंवाला।

diphyodont a. द्विर्दन्त, द्विवारदन्त, दूधके और पक्के दाँतवाला।

Diphysite n. अवतारवादी, ईसाके मानवीय और ईश्वरीय रूपमें विश्वास करनेवाला।

dipleidoscope n. दृश्यमध्याहेक्ष, नक्षत्र-गतिदर्शक।

diplodocus n. द्विधरण सरट, एक प्रकारका गिरगिट।

diploe n. (श० र० शा०) करोटि, खोपड़ीकी हड्डीके नीचेकी दोहरी पेशी।

diplogenic a. द्विशरीर, द्वितत्त्व, दोहरी जातिवाला।

diploma a. पत्रोपाधि, विद्योपाधि, उपाधि-पत्र, प्रमाण-पत्र, पदवी-पत्र; राजपत्र, शासन-पत्र, अधिकारपत्र, दस्तावेज, दफ्तरी पत्र, सरकारी कागजपत्र।

diplomacy n. नीतिचातुर्य, चातुर्य, प्रवीणता, कुशलता, चातुरी; दौत्यकर्म, राजनय, कूटनीति, अन्तर्राष्ट्रनीति, अन्तर्राज्यनीति।

diplomad, diplomaed aa. उपाधिपत्र प्राप्त, प्रमाणपत्र प्राप्त।

diplomaless a. उपाधिपत्ररहित, प्रमाणपत्रहीन, उपाधिहीन, अनधिकृत।

diplomat n. दौत्यकर्मी; = DIPLOMATIST.

diplomatic n. & a., **-al** a. कूटनीतिज्ञ, नीति-निपुण, राजनीति-दक्ष; दूतकार्यविषयक, राजनयिक, कूटनैतिक, अन्ताराज्यनैतिक, अन्तर्राष्ट्रीय नीतिसे सम्बन्धित (*~ agent, service*); (सरकारी या असली पत्रों, शासनपत्रों आदिका) अभिलेखीय परीक्षण; कपटी, अवसरवादी; समझौतेकी बातचीत करते हुए आगेकी कार्यवाही करना; *~ body* कूटनीति संस्था, (किसी राजदरबारके) राजदूत तथा आयुक्त।

diplomatics n. पुराविज्ञान, प्राचीन राजलेख तथा प्रमाणोंको पढ़ने तथा उनकी जाँच करनेकी विद्या।

diplomatist n. कूटनीतिज्ञ, कूटनीतिकुशल, अन्तर्राष्ट्रीय नीतिमें पटु व्यक्ति, सामकुशल, राजनीतिकुशल व्यक्ति, घाघ, काइयाँ; अवसरवादितासे काम निकालनेवाला।

diplomatize v. i. कूटनीतिकी चाल चलना, कूटनीतिज्ञके रूपमें काम करना।

diplomatology n. पुराविज्ञान = DIPLOMATICS.

diplopia n. (चिकित्सा) द्विदृष्टि, द्विदृश्य (रोग), दो-दो दिखाई देनेका नेत्ररोग।

dipnoan a. द्विफुप्फुस, दिपक्ष, दो गलफड़ेवाली (मछली)।

dipody n. द्विपदी, दो पदवाली कविता।

dipolar a. द्विध्रुव, दो छोरवाला।

dipper n. स्रोतमज्जी, डुबकी या गोता देनेवाला, डुबानेवाला; झुकाने या झुकनेवाला; कीट-मारक औषधसे नहलानेवाला; डुबोकर रँगनेवाला; ऋणग्रस्त करने या होनेवाला; विहंगम दृष्टि डालनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); (फोटोमें) ऋणपट्टिकाओंको धोनेका यन्त्र; एक प्रकारकी करछुल; आप्लवक, एक प्रकारकी छोटी चिड़िया; बच्चोंको बपतिस्मा देनेवाला; the D~ सप्तर्षि ○।

diprismatic a. द्वि-संक्षेत्र, दो घनपार्श्ववाला।

dip-sector n. नति-माप-यन्त्र, क्षितिजकी गहराई नापनेका यन्त्र।

dipsomania n. मद्यासक्ति, मदिरोन्माद, मदिरासक्ति, शराबकी उत्कट इच्छा।

dipsomaniac n. मद्यासक्त व्यक्ति, शराबका दीवाना।

dipstick n. निमज्जन-यष्टि, तरलपदार्थ-मापक घड़ी।

diptera n. दो परवाले कीट, मक्खी-मच्छर आदि।

dipteral a. द्विपक्षविशिष्ट, दो पंखवाला; दोहरे स्तम्भोंवाला।

dipterous a. (वन०) दो पक्षवत् जोड़वाला; (कृमि०) द्विपाक्षिक, द्विपाक्षिक जातीय।

diptych n. दो मोड़दार पत्रोंमें बना हुआ चित्र; दो जुड़ी हुई तख्तियाँ, दोहरी मेज।

dire a. रौद्र, दारुण, भीषण, भयानक, क्रूर, उग्र, भयंकर, तीव्र, घोर; *~ sisters* (यूनानी देवमालामें) तीन चण्डी देवियाँ।

direct[1] v.t. & i. उचित परामर्श देना (*duty ~s my actions*); निदेशित, करना, निदेशन करना, निदेश देना, आदेश देना, आज्ञा देना; नियन्त्रित करना, विनियमित करना, शासित करना (*soul ~s body*); निर्दिष्ट करना, लक्षित करना, निक्षिप्त करना; दिग्दर्शन करना, ध्यान देना; रुख करना, आँखें फेरना; सम्बोधित करना, बोलना, लिखाना (*I ~ my remarks to you*); पतेपर भेजना (पत्र, पार्सल आदि)।

direct[2] a. & adv. ऋजु, प्रत्यक्ष, सीधा (*the ~ road*); सर्वथा, बिलकुल, कतई (*~ opposite*); असन्दिग्ध, सुस्पष्ट, स्पष्ट, सरल, खरा, ठीक; अनाश्रित; (गणित) अनूप; (ग० ज्यो०) पीछेकी ओर न जानेवाले, पश्चिमसे पूर्वकी ओर बढ़नेवाला; अनुलोम, अनुलोमवंशज, असपिण्ड, वंशक्रमानुगत (*~ descendants*); तर्कमय (कथनसे सम्बन्धित); (संगीत) सीधा (जिसमें सुरोंका उलट-फेर न हो); तुरन्त, फौरन; व्यक्तिगत रूपसे; *~ action* प्रत्यक्ष कार्यवाही, चण्डाचार, क्रान्ति-क्रिया, हड़ताल द्वारा वर्ग-विशेषपर भारार्पण; *~ current* एकदिश विद्युद्वाह, उसी दिशामें प्रवहमान विद्युत्धारा, सरल धारा; *~ shot, hit* खुली चोट, सीधा निशान; *~ speech or oration* (व्या०) ठीक-ठीक उक्त शब्द।

directed a. लक्षित, निर्दिष्ट, दिष्ट, देशित, अधिष्ठित, आज्ञप्त।

directing a. निदेशक (*~-authority*); संचालन करना, मार्ग निर्देशन करना, चलाना (*~-post*)।

direction* n. संचालन, निदेशन*, मार्ग-निर्देश, मार्ग-प्रदर्शन, प्रेरण, निरीक्षण, दिग्दर्शन; प्रबन्ध, शासन,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

नियोग, प्रेषण; निदेश, अनुदेश, आदेश (प्रा०, बहु०); दिक्, दिशा*, ओर; क्षेत्र, विषय, सीमा, गति, पहलू, रुख (*new ~s of inquiry*); पत्र, पार्सल आदिपर पता; ~-finder (बेतारका) दिशा-यन्त्र;

~ centre, ~ cosines, ~ division, ~ finding, ~ indicator, ~ lines, ~ office, ~-post, ~ ratio. ~ sign.

directional n. दैशिक, दिशा-सम्बन्धी; (बेतारके) दिशा-यन्त्रसे सम्बन्धित।

directive १. n. अनुदेश, निक्षेप, सामान्य निर्देश; २. a. निर्देशक, नैदेशिक, मार्ग-निर्देशक, सूचक।

directly adv. & conj. अव्यवहित, प्रत्यक्षतः, प्रत्यक्ष, स्पष्ट, सीधे; तत्क्षण, तत्काल, अविलम्ब, शीघ्र, तुरन्त, अभी, फौरन, इसी समय; (बोल०) ज्योंही, जैसे ही (*went ~ I knew*); स्वयं।

directness n. ऋजुता, आर्जव, सीधापन; सामीप्य।

Directoire a. (इति०) फ्रांसीसी डायरेक्टरी (संचालक-मण्डल)के कालमें प्रचलित शैलीमें वसन-सज्जा करनेवाला।

director n. निदेष्टा, संचालक, अध्यक्ष, शासिता, प्रबन्धक; (चल चित्र) रंगमच-निर्देशक; चल-चित्र-निर्माता ⊙; किसी व्यक्तिका आध्यात्मिक निर्देशक पादड़ी; किसी यन्त्रकी गतिका निर्धारक पुरजा; (फ्रेंच इति०) संचालक-मण्डल या प्रबन्ध-समितिका सदस्य; (गणित) नियत; चाँदमारीका घेरा।

directoral a. संचालकीय, निर्देशक-सम्बन्धी।

directorate n. निदेशालय, संचालकालय, संचालक-कार्यालय; संचालक; अधिकर्त्ता-समिति, संचालक-समिति, संचालक-मण्डल, संचालक-वर्ग; संचालन, संचालक-प्रबन्ध।

directorial a. संचालकीय, संचालकसे सम्बन्धित।

directorship n. संचालकत्व, संचालकता; संचालक-पद।

directory[1] n. निदेश-संहिता, निर्देशिका, नामदेशिका; नाम, धाम, व्यवसाय आदि विविध विवरणोंकी पुस्तिका; विधान-ग्रन्थ, नियमावली; (फ्रेंच इति०) फ्रांसमें १७९५ में अधिकारप्राप्त पाँच संचालकोंकी क्रान्तिकारी कार्यकारिणी सभा, संचालक-मण्डल, संचालक-वर्ग।

directory[2] a. निर्देशिनी, निर्देशक, डाइरेक्टरी।

directress n. संचालिका।

directrix n. संचालिका; नियत रेखा, वक्र रेखा खींचनेकी स्थिर रेखा।

direful a. भयंकरतापूर्ण, उग्रतापूर्ण, क्रूरतापूर्ण, घोर।

direfulness n. घोरता, भयंकरतापूर्णत्व, क्रूरतापूर्णता।

dirge n. शोकगीत, करुणगीत, मृत्युगान, मरसिया; विलाप, शोक।

dirhem n. वजनका मिश्रदेशीय माप।

dirigible १. n. नियन्त्रणीय गुब्बारा; इच्छानुसार उड़ाया जा सकनेवाला विमान या गुब्बारा; २. a. संचाल्य, प्रदेश्य, परिचालनीय, नियन्त्रित गतिवाला (*~torpedo*)।

diriment n. उद्वाह-वितथयन, किसी विवाहको गैर-कानूनी ठहरानेकी बात।

dirk १. n. कृपाणिका, कृपाण-विशेष, छुरा, एक प्रकारकी कटार; २. v.t. कटारसे मार डालना, छुरा भोंक देना, छुरेसे मार डालना।

dirt n. धूल ⊙; कर्दम, पंक, कीचड़, मैल, मल, कचरा; मैलापन, गन्दगी; भूमि, मिट्टी, जमीन; निरर्थक वस्तु, मूल्यहीन वस्तु, अशिष्ट वार्ता, गन्दी बात; किसी प्रदेश या देशका घृणास्पद नाम; ~-cheap बहुत सस्ता; ~-eating रोग-विशेष (जिसमें मिट्टी खानेकी इच्छा होती है); ~ floor ⊙ मिट्टीका फर्श; ~ pie मिट्टीके समोसे आदि; ~ track मोटर-साइकिलकी दौड़के लिए ईंट-पत्थरके टुकड़ोंसे बना मार्ग या साधारण दौड़के लिए मिट्टीका बना मार्ग; yellow ~ स्वर्ण, सोना; *eat ~* अनादरको चुपचाप पी जाना, सहन कर लेना; *fling ~* दुर्वचन कहना, अपशब्द कहना, कीचड़ उछालना।

dirtiness n. मलिनता, मैलापन, गन्दगी।

dirtweed n. बथुआ (साग)।

dirty* १. v.t. & i. मलिन करना या होना, गन्दा करना, गन्दा होना; कुत्सित करना या होना, कलंकित करना; २. a. कर्दमयुक्त, धूल-धूसरित, मलिन, मैला, गन्दा*; गर्ह्य, कुत्सित, नीच; अश्लील, अपवित्र; दीप्तिहीन, बेचमक, घृण्य, मटियाला (रंग); खराब, तूफानी (मौसम); दुष्प्राप्त, अनुचित रूपसे प्राप्त; D~ Allan एक समुद्री पक्षी; D~ Shirts दिल्लीकी १०१ नम्बरकी पैदल रेजीमेण्ट; ~ work अरुचिकर कार्य, बेईमानी (*do person's ~ work for him*); *do the ~* (प्रा०) कुत्सित चालाकीसे काम लेना।

dirtyish a. मलिन, मैला-सा, कुछ गन्दा।

disability n. अनर्हता, अपात्रता, कार्याक्षमता, अक्षमता, अनुपयोग, अयोग्यता, अदक्षता; अस्वस्थता, अशक्तता, असमर्थता, नैर्बल्य, निर्बलता; वैकल्य, विकलांगता, अंगहानि;

~ certificate, ~ leave, ~ pension, ~ relief and pensions.

disable v.t. विधानतः अयोग्य ठहराना, असमर्थ घोषित करना, अधिकारसे वंचित करना, मना करना; विकल करना, अशक्त करना, असमर्थ करना, बेकार कर देना; अपांग करना, शक्तिहीन करना, निकम्मा कर देना, अपाहिज बना देना, लँगड़ा-लूला कर देना।

disabled a. नियोंग्य; अपांग, विकलांग, विकलीकृत, अंगहीन कृत; निरुपयोज्य।

disablement n. अक्षमता, असामर्थ्य, अशक्ति, असमर्थता, अयोग्यता; अपांगत्व, विकलांगता, अंगहानि।

disabling a. नियोंग्यकारी (*~ giddiness*)।

disabuse v.t. भ्रान्तिका अपाकरण करना, भ्रम निवारण करना, भ्रान्ति दूर करना, भ्रम दूर करना, आँखें खोल देना, धोखा मिटाना, जताना।

disaccord १. n. विमति, विरोध, मतभेद, भेद, फूट; २. v. i. विरोध होना, मतभेद होना, भेद होना, फूट होना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

disaccordant a. व्यावर्तक, भेदात्मक, विरोधी।

disaccustom v.t. स्वभाव-मुक्ति कराना, आदत छुड़वाना।

disacknowledge v.t. अस्वीकार करना, न पहिचानना।

disadvantage n. क्षति, हानि, घाटा; अपकार, अपाय, अहित, अलाभ, असुविधा, प्रतिकूल अवस्था; प्रतिकूल प्रभाव; उपघात, विघ्न, बाधा।

disadvantageous a. क्षतिकारक, हानिप्रद; अनुपकारक, अहितकर, प्रतिकूल, असुविधाजनक; अपयशकारी, अपमानकारक।

disadvantageousness n. असुविधापूर्णता, अलाभमयता, हानिप्रदता।

disadventurous a. मन्दभाग्य, खोटी किस्मतवाला।

disaffect v.t. वितुष्ट करना, परायापन लाना, आत्मीयता मिटाना, अमित्र बनाना।

disaffected a. वितुष्ट, असन्तुष्ट; निर्लिप्त, उदासीन, विरक्त, अभक्त, अलेप।

disaffectedness n. असन्तुष्टि; =DISAFFECTION.

disaffection n. वितोष, राजनीतिक विरक्ति, विराग, अपरक्ति, अननुरक्ति, अभक्ति, अश्रद्धा, असन्तोष, मनमुटाव, रंजिश।

disaffiliate v.t. विलग्न करना, असम्बद्ध करना, विग्रह करना, अलगाना, जोड़ हटाना।

disaffirm v.t. प्रत्याख्यान करना, प्रतिवाद करना, अनंगीकार करना, अस्वीकार करना, इनकार करना; (का०) (पूर्व निर्णयको) विपर्यस्त करना, उलट देना, मन्सूख करना।

disaffirmation n. प्रत्याख्यान, अनंगीकरण, प्रत्यादेश, अस्वीकृति; विपर्यास, मन्सूखी।

disafforest v.t. विवनीकरण करना, जंगलको विधानतः साधारण भूमिमें परिवर्तित करना।

disafforestation n. विवनीकरण, निर्वनीकरण, वननाशन, जंगलका विधानतः साधारण भूमिमें परिवर्तन।

disaggregate v.t. वियुक्त करना, एक-एक करना, बिखेरना, खण्ड-खण्ड करना।

disagree v.i. विमत होना, असम्मत होना, सम्मत न होना, असहमत होना, मतभेद रखना, झगड़ा करना, लड़ना; विमिलन होना, विरोध होना, अनुकूल न होना, भेद होना, मेल न खाना; अस्वास्थ्यकर होना, स्वास्थ्य आदिके प्रतिकूल होना; अरुचिकर होना, अप्रीतिकर होना।

disagreeable १. n. (प्रायः बहु०) अप्रिय अनुभूतियाँ या अनुभव, कष्ट, चिन्ताएँ, परेशानियाँ; २. a. अनभिमत, विरक्तिकर, अप्रिय, अरुचिकर, असन्तोषजनक, अनिष्ट, नापसन्द, नागवार; दुःशील, दुर्विनीत, विनयशून्य, बदमिजाज।

disagreeableness n. अप्रियता, अरुचि, नागवारी; दुश्शीलता, दुर्विनय, बदमिजाजी।

disagreeing n. विमिलन, असहमति, विरोध करना।

disagreement n. विमति, असम्मति, असहमति, विरोध, विमिलन, प्रतिकूलता, मतभेद, भेद, अनमिल, झगड़ा, लड़ाई; असादृश्य; अनुपयोगिता; विवाद; अनैक्य; अरुचि।

disallow v.t. विनिषेध करना, निषेध करना, अभ्यनुज्ञा न देना, आज्ञा न देना, अस्वीकार करना, मना करना, रोकना, नामंजूर करना।

disallowable a. विनिषेध्य, अननुज्ञेय; निषेधयुक्त।

disallowance n. अस्वीकृति, निषेध, निवारण।

disallowed a. निषिद्ध, प्रत्यादिष्ट, अस्वीकृत।

disally v.t. & i. पृथक् करना (होना); सन्धि-भंग करना (होना)।

disanchor v.t. & i. लंगर उठा लेना, लंगर छुड़ा लेना।

disanimate v.t. प्राण लेना, हतजीवित करना।

disannul v.t. रहित करना, लुप्त करना, अन्त करना, मिटा देना, रद्द करना, हटाना, मिटाना; खण्डित करना, तोड़ना, काटना।

disannulment n. लोप, राहित्य, अन्त, व्यर्थता।

disanoint v.t. धर्म-संस्कारको व्यर्थ करना, अपवित्र करना।

disapparel v.t. वस्त्र उतारना, परिधान-रहित करना।

disappear v.i. तिरोभाव होना; तिरोभूत होना, तिरोहित होना, अन्तर्हित होना, अदृश्य होना, अदृष्ट हो जाना, लुप्त हो जाना, लोप होना, ओट या ओझल होना, खो जाना, छिप जाना, मिटना, गायब हो जाना।

disappearance n. तिरोधान, अन्तर्धान, अदृश्यता, अदर्शन, विलुप्ति, लोपन, लोप, ओझल, ओट।

disappoint v.t. आशाओंपर पानी फेरना, विफल करना, निष्फल करना, वचन-विरुद्ध काम करना, आशाभंग करना, आशा तोड़ना, हताश करना, निराश करना (*~ed at, in, of, with*)।

disappointed a. विफलमनोरथ, हताश, निराश; agreeably ~ अपनी आशंकाओंको निराधार जानकर प्रसन्न।

disappointing a. आशाहीन, हताशकारी, नैराश्यव्यंजक, निराशाजनक।

disappointment n. क्षोभ, नैराश्य, व्यर्थीकरण, आशाभंग, हताशा, निराशा।

disapprobation n. प्रतिनिन्दन, तिरस्कार, अप्रीति, निन्दा; अननुमोदन, असहमति, असम्मति, विमति, विरोध।

disapprobative, disapprobatory aa. तिरस्कारपूर्ण, निन्दात्मक; तिरस्कारसूचक; अस्वीकारात्मक।

disappropriate v.t. अयुक्त बनाना, व्यक्तिगत अधिकारसे मुक्त कर देना; उपयुक्ततासे हटाना।

disapproval n. तिरस्कार, निन्दा; असम्मति, अस्वीकृति, विरोध, नापसन्दगी।

disapprove v.t. & i. प्रतिनिन्दन करना, तिरस्कार करना, निन्दा करना; अननुमोदन करना, अस्वीकार करना, असम्मति प्रकट करना, विरोध प्रकट करना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

नापसन्द करना।

disarm v.t. & i. शस्त्र रखवा लेना, हथियार गिरा देना; दमन करना; निरायुध करना, निरस्त्र करना, निःशस्त्र करना, निहत्था करना; सैनिक व्यवस्था समाप्त करना; शान्ति करना, शत्रुता अथवा शंकाएँ दूर करना; विध्वंसक शक्तिसे वंचित करना या हटा लेना, अहानिकर करना; (नगरसे) मोर्चाबन्दी तोड़ देना, सेना हटा लेना; थोड़ी सेना रखना या होना (जितनी शान्ति-समयमें थी); (जहाजको) सामान उतारकर खाली कर देना।

disarmament n. शस्त्रास्त्रपन (~ *conference*), निःशस्त्रीकरण, शस्त्रत्याग।

disarmed a. निरायुध, निःशस्त्र, निहत्था।

disarrange v.t. विशृंखल करना, अव्यवस्थित करना, क्रमभंग करना, अस्त-व्यस्त करना, उलट-पुलट करना।

disarrangement n. क्रमभंग, अक्रम, विशृंखला, अव्यवस्था, अस्तव्यस्तता, गड़बड़।

disarray १. n. विशृंखला, क्रमभंग, अव्यवस्था, अस्त-व्यस्तता, उलट-पुलट, गड़बड़; विवस्त्रीकरण; २. v.t. विशृंखल करना, क्रमभंग करना, अव्यवस्थित करना, अस्त-व्यस्त करना, उलट-पुलट करना; परास्त करना; (का०) विवस्त्र करना, वस्त्रहीन करना, नंगा करना।

disarticulate v.t. सन्धियोंपरसे पृथक् करना, जोड़-परसे अलग करना।

disarticulation n. सन्धिवियोजन, जोड़ोंपरका अलगाव।

disassemble v.t. भागोंको अलग करना, खोलना (मशीन आदि)।

disassimilation n. रसायन-परिवर्तन; असमीकरण।

disassociate v.t. निरासखीयन करना; निरायोजन करना, अलग हो जाना, नाता तोड़ देना।

disassociation n. निरायोजन, सम्बन्ध-विच्छेद, निरासखीयन (विशे० ~ *of a personality*)।

disaster n. आपदा, विपद्, विपत्ति, अनर्थ, संकट, भीषण दुर्घटना, आफत; दुर्भाग्य, अभाग्य (*a record of* ~)।

disastrous a. आपद्युक्त, विपद्युक्त, अनर्थपूर्ण, भीषण, दारुण, घोर, सर्वनाशकर, सर्वनाशी, अमंगलजनक; भाग्यहीन।

disastrousness n. विपत्ति, संकट, अनर्थ; भीषणता, दारुणता।

disattach v.t. पृथक् करना; बँधे हुएको खोलना।

disavow v.t. प्रत्याख्यान करना, निवर्तन करना, अनंगीकार करना, निःस्वीकार करना, अस्वीकार करना, न अपनाना, इनकार करना, न मानना, नाहीं करना।

disavowal n. अस्वीकृति, इनकार, नाहीं।

disband v.t. & i. (सेना आदिको) विच्छिन्न करना, छिन्न-भिन्न करना या होना, भंग करना, तितर-बितर करना या होना, बरखास्त करना या होना, तोड़ना, टूटना, बिखेरना, बिखरना।

disbandment n. भंगकरण, सैन्यभंग, सेनाभंग, तितर-बितर।

disbar v.t. विधिच्युत करना, विधि-परिषद्की सदस्यता छीन लेना, न्यायालयसे बहिष्कृत करना, वकालत करनेसे वंचित करना, वकालत करनेका अधिकार छीन लेना, अलग करना।

disbark v.t. वल्कलविहीन करना; जलपोतसे उतरना।

disbarment n. विधिच्युति, विधि-परिषद्की सदस्यतासे बहिष्कार, वकालतके अधिकारका अपहरण।

disbelief n. अप्रत्यय, अविश्वास, नास्तिकता।

disbelieve v.t. & i. अविश्वास करना, विश्वास न करना या रखना, न मानना, यकीन न करना, कायल न होना; नास्तिक होना।

disbeliever n. अविश्वासी, अश्रद्धालु।

disbench v.t. न्यायासन-च्युत करना, पीठ-च्युत करना, बेंचरके आधिकारको छीन लेना, उससे वंचित करना, बेंचरके अधिकारसे हटा देना, निकाल देना।

disbodied a. शरीरसे पृथक् किया हुआ।

disbowel v.t. आँतोंको निकालना।

disbranch v.t. शाखाहीन करना, शाखें छाँटना, टहनियाँ काट डालना।

disbud v.t. निर्मुकुलित करना, कलियाँ चुन लेना, कलियाँ हटा देना, तोड़ लेना।

disburden v.t. मन हलका करना, (विचार) प्रकट करना, कह डालना; भारमुक्त करना, भार हटा देना, (बोझसे) मुक्त करना, बोझा उतारना।

disburse v.t. & i. संवितरण करना, धन देना, भुगतान करना, बाँटना, चुकाना, रुपया अदा करना; व्यय करना, खर्च करना।

disbursed a. संवितीर्ण, विनियुक्त, संवितरण किया गया, भुगतान किया गया।

disbursement n. विनियोग, संवितरण, भुगतान, अदाई, चुकाई, बेबाकी; व्यय, खर्च;
~ certificate, ~ guarantee, ~ loan, ~ report.

disburser n. संवितरक, व्ययी।

disbursing a. संवितरण-सम्बन्धी, व्ययी (~ *officer*)।

disc n. बिम्ब; थाली, कटोरा इत्यादि गोल पात्र।

discal a. बिम्बी, तश्तरी या टिकिया जैसी गोल चीजसे सम्बन्धित।

discalceate a. & n., **discalceated, discalced** a. नंगे पैर या खड़ाँव पहने (साधु)।

discandy v. i. घुलना।

discapacitate v.t. अयोग्य बनाना।

discard १ n. ताशके किसी पत्तेकी छाँट; छाँटा जानेवाला पत्ता; कूड़ा-करकटका ढेर ⊙; २ v.t. & i. ताशके किसी पत्तेका छाँटना, बदरंगमें फेंकना; सेवामुक्त करना, अलग करना, निकालना, हटाना, बरखास्त करना; त्यागना, तजना, दूर फेंकना, छोड़ देना, एक बगल रखना।

discarnate a. अमूर्त्त, अशरीर, विदेह, देहमुक्त।

discase v.t. वल्कल हटाना; आवरण हटाना, खोलना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

discern v.t. & i. निर्णय करना, विवेचन करना; समझ लेना, भाँप लेना, ताड़ जाना, देख लेना; (प्रा०) विवेक करना, अन्तर पहचानना, भेद करना, अच्छा-बुरा पहचानना।

discerner n. प्रत्यक्षक, विवेचक, मीमांसक, निर्णय करनेवाला।

discernible a. विवेचनीय, परीक्षणीय, विचारणीय, द्रष्टव्य, प्रत्यक्ष, दृष्टिगोचर, समझने योग्य, भाँपने योग्य।

discernibleness n. विचारणीयता, परीक्षणीयता, विवेचनीयता।

discerning a. विवेकी, दूरदृष्टि, सूक्ष्मदर्शी, परिणामदर्शी, विवेचनशील, विचारशील।

discernment n. दूरदृष्टि, सूक्ष्म दृष्टि; विवेचन, विवेकिता, अवबोध, विवेक, विचार, विचारणा।

discerp v.t. फाड़ डालना या पृथक् करना।

discerptibility n. विदारणीयता या विभेदनीयता, पृथक्त्व।

discerptible a. विदारणीय या विभेद्य, अलगाने योग्य।

discerption n. व्यवच्छेद, विभेदन, अलगाव; पृथक्करण।

discharge[1] n. निरावेश, विसर्जन, बन्दूक आदिका उद्गार, दागना, दगना, फैर; नौकरीसे निकाल बाहर करना; पद-च्युति, अधिकारभ्रंशन, सेवामुक्ति, सेवामोचन; निर्वहण, कर्तव्य-सम्पादन, अनुष्ठान, कर्तव्य-निर्वाह, कर्तव्य-पालन, निभाना; उन्मोचन, उन्मुक्ति, मोचन, मुक्ति, मोक्ष, मुक्ति-दान, मुक्ति-पत्र, दोष-मोचन, निर्दोषीकरण, छुटकारा, छूट, माफी, रिहाई; भारावतरण, (जहाज आदिसे) माल उतारना; (विद्युत्, द्रव, मवादका) उद्गमन, प्रस्राव, निकास; आनृण्य, ऋण-निस्तार, ऋण-शोधन, चुकती, बेबाकी; रंग छुड़ानेका मसाला; रंग छुड़ाना; ~ certificate, ~ cock, ~ lake, ~ receipt, ~ register, ~ salt, ~ tube, ~ valve.

discharge[2] v.t. & i. (बन्दूक) दागना, (तीर) चलाना; पदच्युत करना, सेवामुक्त करना, निकाल बाहर करना, बरखास्त करना (*was ~d from the service*); (रोगी या पंचको) जानेकी आज्ञा देना; निर्वहण करना, कर्तव्य निर्वाह करना, निभाना; ऋणमुक्त होना; वचन पूरा करना; (जहाज आदिसे) माल उतारना; विद्युत् निकाल लेना; (मवाद आदि) निकालना, बोझा उतारना; (नदीका समुद्रमें) गिरना; (क़ानून) दोषमुक्त करना, मन्सूख करना; (क़ैदीको) उन्मुक्त करना, उन्मोचन करना, छोड़ना, रिहा करना; (रंग०) रंग दूर करना, रंग छुड़ाना; ~ *a rule* नियमको निराकृत करना

discharged a. दोषमुक्त, उन्मुक्त, सेवामुक्त; (विद्युत्) विभृत।

discharger n. बन्दूक आदि दागनेवाला; पदच्युत करनेवाला; दोषामोचक, मोचक, मुक्तिदाता, छुटकारा देनेवाला, माफी देनेवाला; कर्तव्यपालक; ऋण-निस्तारक, ऋण-शोधक, बेबाक करनेवाला; (जहाज आदिसे) माल उतारनेवाला; रँगरेज, रंग छुड़ानेवाला।

discharm v.t. सम्मोहन-अपसारण करना, जादू-टोनेका प्रभाव हटाना।

disciferous a. बिम्बमय, चक्रावृत्त, थालीवाला।

discinct a. निरस्त्र; असन्नद्ध, बिना हथियारके, बिना तैयारीके।

disciple n. अन्तेवासी, शिष्य, छात्र, विद्यार्थी, चेला, शागिर्द; ख्रीष्टके १२ अनुयायियोंमेंसे एक अनुयायी, शिष्य; ख्रीष्टका कोई भी प्राचीन अनुयायी।

discipleship n. शिष्यत्व, अनुयायित्व, छात्रत्व।

disciplinable a. अनुशास्य, अनुशासनीय, नियन्त्रणीय।

disciplinal a. आनुशासिक, अनुशासनसे सम्बन्धित, नियन्त्रण या सुव्यवस्थासे सम्बन्धित, शिक्षण-सम्बन्धी।

disciplinarian n. अनुशास्ता, अनुशासन-प्रिय व्यक्ति, नियम-प्रिय व्यक्ति (*good, poor, ~*)।

disciplinary a. आनुशासिक (*~ action, measure*), अनुशासनीय, अनुशासनात्मक, अनुशासन-सम्बन्धी, (अनुशासनका) सुधारक, शोधक, मानसिक अनुशासन या शिक्षणसे सम्बन्धित।

discipline[1] n. अनुशासन, मानसिक तथा नैतिक शिक्षण; (प्रा०) अनुशासन-विद्या, शिक्षाकी एक शाखा; संयम, निग्रह, नियन्त्रण; दमन, दण्ड; नियमानुशीलता, नीति, गिरिजाघरके सदस्योंके ऊपर नियन्त्रण; तपश्चर्या, तपके द्वारा निग्रह; (प्रा०) युद्धशिक्षा, रणशिक्षा, कवायद; आचरण-नियम।

discipline[2] v.t. अनुशासन सिखाना, अनुशासित करना, अनुशासनमें लाना, संयमी बनाना, नियमित करना, नियन्त्रणमें लाना, व्यवस्थित करना, कवायद सिखाना, सिधाना।

disciplined a. अनुशिष्ट, अनुशासित।

discipliner n. अनुशासक, अनुशासन रखनेवाला।

discipular a. शिष्य-सम्बन्धी, छात्र-सम्बन्धी।

disclaim v.t. & i. अस्वीकार करना, न मानना; स्वत्व त्यागना, वैधानिक स्वत्वका त्याग करना, अधिकार छोड़ना, हाथ उठा लेना, दावा हटा लेना।

disclaimant n. स्वत्वत्यागी, दावा उठा लेनेवाला।

disclaimer n. अस्वीकरण, इनकार, न मानना; स्वत्व-परित्यजन, स्वत्व-त्याग, अधिकार-त्याग।

disclamation n. स्वत्वत्याग; अस्वीकृति।

disclose v.t. उद्घाटित करना, उद्घाटन करना, प्रकाशमें लाना, स्पष्ट करना, प्रकट करना, व्यक्त करना, उघारना, खोलना, बताना।

discloser n. उद्घाटक, प्रकाशक, खोलनेवाला।

disclosure n. विवृति, उद्घाटन, प्रकटीकरण, प्रकाशन; उद्घाटित विषय, प्रकाशित वस्तु, खुली हुई वस्तु या विषय।

discobolus n. (pl. *-li*) प्राचीन कालमें लौहचक्र फेंकनेवाला व्यक्ति; किसी व्यक्तिकी चक्र फेंकते हुएकी मूर्त्ति।

discoid a. बिम्बाभ; कटोराकार, चक्राकार, मण्डलाकार (*~ flowers*)।

discoidal a. चक्रवत्, बिम्बाभीय, थाले जैसा।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

discolour v.t. & i. विरंजित करना, विवर्णित करना, विवर्ण करना, वर्णान्तर करना, मलिन करना, धब्बे डालना, धब्बे पड़ना, रंग बिगाड़ना, बेरंग बनाना।

discolo(u)ration, discolourment nn. विवर्णन, विवर्णता, वर्णान्तरण, विवर्णीकरण, धब्बे डालना या पड़ना, बेरंगी।

discoloured a. विवर्ण; विवर्णित, वर्णान्तरित, फीका पड़ा हुआ।

discolo(u)rization n. वर्णापनयन।

discomfit v.t. प्रयत्न असफल कर देना, छके छुड़ा देना, उलट देना, चलने न देना; युद्धमें पराजित करना, परास्त करना, मात करना।

discomfiture n. असफलता, उलट-पुलट, छक्के छूट जाना; पराभव, पराजय, हार।

discomfort १. n. क्लेश, कष्ट, दुःख, असुख, अशान्ति, तकलीफ; असुविधा, व्यथा, शारीरिक अथवा मानसिक पीड़ा, उलझन; २. v.t. व्यथित करना, पीड़ा देना, क्लेश पहुँचाना, कष्ट देना, बेचैन करना।

discomfortable a. कष्टकर, असुविधापूर्ण, क्लेशयुक्त।

discommend v.t. गर्हित करना, आरोप लगाना; बुराई करना।

discommendable a. दूष्य, गर्ह्य, निन्द्य, दोषारोपणके योग्य; बुराई करने लायक।

discommendation n. गर्हणा; दोषारोप।

discommode v.t. कष्ट देना, क्लेश या असुविधामें डालना, तकलीफ देना।

discommodity n. असुविधापूर्णता; हानि, कष्टदायक वस्तु।

discommon v.t. सार्वजनिक भूमिको व्यक्तिगत भूमि बनानेके लिए बाड़ा लगाना, घेरना; दुकानदारको विद्यार्थियोंके हाथ माल बेंचनेसे रोकना; सामान्याधिकारसे च्युत करना।

discommunity n. असंहति, जाति-विगठन करना।

discompose v.t. विक्षुब्ध करना, उद्विग्न करना, अशान्त करना, विकल करना, व्याकुल करना।

discomposedness n. विकलता, क्षुब्धता, व्याकुलचित्तता, व्यग्रता।

discomposure n. क्षोभ, उद्वेग, व्यग्रता, आकुलत्व, अशान्ति, परेशानी।

disconcert v.t. व्यग्र करना, विकल करना, अशान्त करना, व्याकुल करना, घबड़ा देना; विलक्षीकरण करना, (योजना, व्यवस्थाको) व्यर्थ करना, नष्ट करना, उलट देना, बिगाड़ देना, गड़बड़ करना।

disconcertion n. विलक्षीकरण; घबड़ाहट, हेर-फेर।

disconcertment n. व्यग्रता, विकलता, अशान्ति, व्याकुलता, घबराहट; उलट-पुलट, बिगाड़, गड़बड़ी।

disconformable a. असामंजस्यपूर्ण, असादृश्ययुक्त, असंगत, असमान।

disconformity n. विसंवाद, असंगति, असमानता, असादृश्य।

discongruity n. असामंजस्य, असंगति; असम्मति।

disconnect v.t. अपयोजन करना, पृथक् करना, सम्बन्ध विच्छेद करना, सम्बन्ध तोड़ना, अलग करना।

disconnected a. पृथक्, विलग, विश्लिष्ट, वियुक्त, अलग।

disconnectedness n. विश्लिष्टता, पृथक्त्व, असंगति, असम्बद्धता।

disconnective a. विश्लेषी, अपयोजी, अलग करनेवाला।

disconnexion, -ction n. असंगति, असम्बद्धता; अपयोजन, पृथक्करण, पृथक्ता, विलगता, अलगाव।

disconsolate a. विषण्ण, उद्विग्न, खिन्न, अधीर, शोकाकुल, म्लान, निराश, दीन; अनाथ, अशरण, असहाय।

disconsolateness n. विषण्णता; उद्विग्नता, म्लानता, दीनता, असहायता।

disconsolation n. असुख, असुविधा, हर्षरहितत्व, निराशा, असान्त्वना।

discontent १. n. असंतृप्ति, अतृप्ति, असन्तुष्टि, असन्तोष; कष्ट, पीड़ा; २. v.t. अतृप्त करना, असन्तुष्ट करना; ३. a. अतृप्त, अशान्त, असन्तुष्ट।

discontented a. असन्तुष्ट, अतृप्त।

discontentedness, discontentment nn. अशान्ति, अतृप्ति, असन्तोष, असन्तुष्टि।

discontentful a. असन्तोषपूर्ण, अतृप्तिपूर्ण।

discontiguous a. असंहत, सम्बन्धावच्छिन्न।

discontinuance n. विरमण, विराम, विच्छेद, क्रमभंग (*~ of a suit*), परित्याग, समाप्ति।

discontinuation n. अन्तराय, विच्छेद, विराम।

discontinue v.t. & i. विरमण करना, समाप्त करना, बन्द करना, रोकना; विच्छेद करना, विच्छिन्न करना, त्यागना, क्रम तोड़ना, छोड़ना; (चन्दा) न देना, (समाचारपत्र) लेना बन्द करना।

discontinued a. विरत, असतत, बन्द।

discontinuity n. असातत्य, असतति; निवृत्ति, विरति, क्रमभंग, विलगता, अलगाव।

discontinuous a. असन्तत, असन्तानी, असतत, विरल, विरत, सान्तर, बन्द।

discord[1] n. कर्कश ध्वनि, टकरानेके शब्द; असहमति, वैमत्य, मतभेद, मनमुटाव, विरोध, फूट, कलह, झगड़ा; (संगीत) विसंवाद, असामंजस्य, स्वर-विषमता, अनैक्य; विषम सुर, अपस्वर, स्वर-विरोध, बेसुरापन; अप्रिय या अरोचक तन्त्री (ताँत)।

discord[2] v. i. कर्कश ध्वनि उत्पन्न करना; असंगत होना, असहमत होना, वैमनस्य होना, मतभेद होना, विरोध होना, भेद होना, मेल न होना, फूट होना; विस्वर होना, कानोंको अप्रिय होना, बेसुरा होना, बेमेल होना।

discordance, -cy nn. वैमत्य, विषमता, असंगति, विमति, भेद, भिन्नता; विसंवादिता, बेसुरापन।

discordant a. विरुद्ध, प्रतिकूल, असंगत; विभिन्न;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

विसंवादी, विस्वर, विषम, बेसुरा, बेमेल ।

discorporate a. विखण्डित, अंगभ्रष्ट, शरीर-भिन्न, शरीरसे अलग किया हुआ ।

discount[1] n. पूर्वप्रापण, अपहार, कटौती, मितीकाटा, दस्तूरी, बट्टा, मुजराई; छूट, बट्टा देना; हुण्डावन, किसी आख्यानको सत्य माननेके पहले उसमेंसे अतिशयोक्ति निकाल देना; *at a* ~ मन्दा, सस्ता, असल दामसे कमपर; ~ account, ~ allowed, ~ broker, ~ column, ~-day, ~ house, ~ market, ~ rate, ~ vendor.

discount[2] v.t. पूर्वप्रापण काटना, अपहार काटना, बट्टा काटना, कमीशन काटना; घटाना, निकालना, कम करना; तुरन्त लाभके लिए परन्तु थोड़े लाभपर बेचना; हुण्डी चुकाना, पाना; हिसाबसे बाहर करना; गणनामें न रखना; पहलेसे ही कहकर प्रभावहीन बना देना, पहलेसे कहकर (समाचार आदिको) बासी कर देना, पुराना बना देना; अतिशयोक्तिके लिए छूट देना ।

discountable a. अपहार्य, छूट देनेयोग्य; हुण्डी चुकाने या पाने योग्य; कम करने योग्य; हिसाबसे हटा लेने योग्य; पहलेसे कहकर बासी करने योग्य ।

discounted a. पूर्वप्रापित ।

discountenance v.t. असमर्थन करना, अस्वीकृति प्रकट करना, रद्द करना; अप्रतिभ करना, हताश करना, अनुत्साहित करना, निरुत्साहित करना ।

discountenanced a. हताश, अनुत्साहित ।

discounter n. बट्टा या छूट काटनेवाला ।

discounting n. पूर्वप्रापण, हुण्डावन ।

discourage v.t. हतोत्साह करना, निरुत्साहित करना, निरुत्साह करना, शक्तिहीन करना, उत्साह भंग करना, निराश करना, आशा तोड़ना, उभड़ने न देना; समर्थन करनेसे इनकार करना; निवृत्त करना, निवारण करना, हटाना, रोकना ।

discourageable a. अवसाद्य, निरुत्साह्य ।

discouraged a. हताश, अवसन्न, निरुत्साहित ।

discouragement n. धैर्यच्युति, धैर्यध्वंस, उत्साहभंग, अवसाद; निवृत्ति, निवारण; असमर्थन ।

discouraging a. अवसादजनक, धैर्यध्वंसी, निरुत्साह करनेवाला ।

discourse[1] n. प्रबन्ध, निबन्ध, लेख; विवरण; उपदेश; संलाप, प्रवचन, सम्भाषण, वार्तालाप, बातचीत (प्रा०) ।

discourse[2] v.t. & i. किसी विषयपर विवाद करना या विवादपूर्वक लिखना; सम्भाषण देना, संलाप करना, वार्तालाप करना, बातचीत करना; सुर निकालना, गीत गाना, गीत सुनाना ।

discourser n. वक्ता; भाषण देनेवाला ।

discoursive a. तार्किक, तर्कविषयक ।

discourteous a. दुःशील, दुर्विनीत, अशिष्ट, असभ्य, अविनीत ।

discourteousness n. दुःशीलता, दुर्विनीतता, अशिष्टता ।

discourtesy n. दुःशीलता, अशिष्टता, अशिष्टाचार, दुर्विनय, अविनय, असभ्यता ।

discover v.t. शोध करना, आविष्कार करना, प्रकाशित करना, स्पष्ट करना, प्रकट करना, ज्ञात करना, बाहर लाना, पता लगाना, भण्डाफोड़ करना; उपलब्ध करना, मालूम करना, ढूँढ निकालना, खोजना, खोलना, जताना; ~ check (शतरंजमें) किसी मुहरे या प्यादेके हटा लेनेसे शह देना, पड़ना ।

discoverability n. आविष्करणीयता, ज्ञेयता ।

discoverable a. आविष्करणीय, ज्ञेय, खोजने योग्य ।

discoverer n. आविष्कर्त्ता, ज्ञाता, खोजनेवाला ।

discovert a. अविवाहित अथवा विधवा स्त्री ।

discoverture n. वैधव्य अथवा अविवाहित नारीत्व ।

discovery* n. अवगम, अन्वेषण, शोध, आविष्कार, खोज*; शोधित वस्तु, अन्वेषित विषय; प्रकाशन, स्पष्टीकरण, प्रकटीकरण, व्यक्तीकरण, पोल, भण्डाफोड़; उपलब्धि, प्राप्ति; (कानून) न्यायालयकी आज्ञासे विवश होकर किसी पक्ष द्वारा तथ्यादिका प्रकाशन; (रूपक, काव्यमें) कथानकको स्पष्ट करनेवाला विवरण ।

discredit[1] n. (व्यापारिक) कुख्याति, साखका उठना; अप्रत्यय, अविश्वास, सन्देह, शुबहा (*throws* ~ *upon*); अपयश, अपकीर्ति, अप्रतिष्ठा, अपयशका विषय, बदनामी, बदनामीकी बात ।

discredit[2] v.t. प्रत्यय न करना, अप्रतीति करना, अविश्वास उत्पन्न करना, विश्वास न करना; साख घटाना, बदनाम करना ।

discreditable a. अविश्वासजनक; निन्द्य, गर्ह्य, अकीर्तिकर, लज्जाजनक ।

discreet a. विवेकी, विवेकशील, न्याययुक्त, विचक्षण, चतुर, सावधान, विचारवान्, विचारशील, होशियार, अवसर देखकर बात करनेवाला ।

discreetness n. विचारशीलता, विवेकपूर्णता, विचक्षणता ।

discrepance, -cy nn. विपर्यय, विसंवाद, भ्रान्ति, विरोध, असंगति, विभेद, भिन्नता, अनैक्य, विपरीतता, अन्तर, भेद, अनमेल ।

discrepant a. विसंवादी, विरुद्ध, प्रतिकूल, विपरीत, भिन्न, असंगत, विभेदी, विभिन्न, अनमेल ।

discrete a. (अध्यात्म) अमूर्त्त; खण्डित, विविक्त, पृथक्, विलग, सान्तर, विरल, भिन्न, अलग ।

discreteness n. अमूर्त्तता; पृथक्त्व, विलगता, विभिन्नता ।

discretion n. विवेक, विज्ञता, विचारशीलता; प्राज्ञता, दूरदर्शिता, पूर्वविचार; निर्णयबुद्धि, कार्यस्वातन्त्र्य (*it is within one's* ~ *to*); *at* ~ इच्छानुसार, अपनी रुचिसे, खुशीसे, मरजीसे; ~ *is the better part of valour* बहादुरी यह है कि आदमी अपनी जान बचाये; *surrender at* ~ बिना किसी शर्तके आत्मसमर्पण करना, हथियार डाल देना ।

discretional a. स्वेच्छाधीन; विवेकतन्त्र ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

discretionary a. विवेकगत, विवेकाधीन, विवेकशील, विवेकपूर्ण, निर्णयबुद्धियुक्त; स्वाधीन, यादृच्छिक, रुच्यनुकूल।

discretive a. विभाजक, विभाजनशील, पृथक्कर्ता, अलग करनेवाला; विरोधी (~ *proposition*)।

discriminant १. n. व्यपनेता, विवेचक; २. a. विशेषक, विवेचक, विभेदक, अन्तर बतानेवाला।

discriminate v.t. & i. विवेचन करना, विभेद करना, सूक्ष्म भेद करना, विशेषता बताना; भेद मानना, भेद निकालना, भेद होना, अन्तर जानना; ~ *against* विरुद्ध भेद करना, किसीपर दूसरोंसे अधिक कड़ाई करना।

discriminating a. विवेकी, विशेषज्ञ, गुणदोषविद्, विवेकसम्मत आदि (क्रियागत अर्थोंमें); विभेदकारी।

discrimination n. विवेचना, विवेचन, विवेक, विचारणा, विभेदीकरण, भेदभाव, विभेद।

discriminative a. विवेचक, विभेदक, विवेकी, गुणदोषज्ञ, विचारशील।

discriminator n. विवेक करनेवाला (~ *practices*)।

discriminatory a. विभेदक, विभेदकारी।

discrown v.t. (शा० या ला०) सिंहासन-च्युत करना, मुकुटहीन करना, राज्यसे हटाना, ताज उतार लेना, राजगद्दीसे उतारना।

disculpate v.t. दोषमुक्त करना, गर्हणा-निवारण करना, निन्दासे मुक्त करना।

disculpation n. दोषमुक्ति, दोषशुद्धि।

discumber v.t. भारमुक्त करना; बोझ हलका कर देना।

discursion n. तर्कयुक्त वार्ता, विवाद; अस्थिरता, बहक।

discursive a. तर्कपूर्ण, विवादमय; अप्रासंगिक, असंगत, अनियमित, असम्बद्ध, विस्तारपूर्ण; अस्थिर, चंचल, भ्रान्त, बहका-बहका, भटका हुआ।

discursiveness n. असंगति, अप्रासंगिकता; चंचलता, अस्थिरता, भ्रान्तता, बहकाव, भटक।

discursory a. अनवस्थित, भ्रान्त, भटका हुआ।

discus n. (क्रीड़ा) लौहचक्र, तश्तरी, डिसकस; मण्डल।

discuss v.t. सानन्द उपभोग करना (भोजन, मद्य), खा-पी जाना; विवेचन करना, विचार-विमर्श करना, तर्क करना, वादानुवाद करना, वाद-विवाद करना, पर्यालोचना करना, बहस करना, चर्चा करना।

discussible a. विवाद्य, विवादयोग्य, पर्यालोच्य।

discussion* n. भोजनका सानन्द उपभोग; विवेचन, पर्यालोचन, तर्क, विचार-विमर्श, आलोचना, वादानुवाद, परिसंवाद, चर्चा*; प्रतियोगिता, वाग्युद्ध।

discussive a. तार्किक, विवादी, विवादवाला।

discutient a. (चिकित्सा) सूजनको हटानेवाली ओषधि।

disdain १. n. अवज्ञा, अवहेलना, उपेक्षा, तिरस्कार, घृणा; २. v.t. अवज्ञा करना, अवहेलना करना, उपेक्षा करना, तिरस्कार करना, घृणा करना; प्रतिष्ठाके विरुद्ध समझना, ध्यान न देने योग्य समझना।

disdainful a. अवज्ञापूर्ण, उपेक्षापूर्ण, अवमानी, उद्धत, तिरस्कारी, तिरस्कारपूर्ण, घृणात्मक, घृणायुक्त, घृणापूर्ण।

disdainfulness n. अवहेलनापूर्णता, अवहेलना, घृणा, तिरस्कार, अवमानमयता।

disease* n. रुजा, व्याधि, रोग, बीमारी*; नैतिक अथवा मानसिक विकार, दोष, बिगाड़।

diseased n. रुग्ण, रोगार्त, व्याधिग्रस्त, रोगग्रस्त, सरोग, अस्वस्थ, बीमार; दूषित, कलुषित, विकृत, बिगड़ा हुआ।

diseaseful a. सरुज, रोगयुक्त।

disedge v.t. कुण्ठित करना; अलस या तन्द्रिल बनाना।

disembargo v i. अधिरोध हटाना, मुक्त करना, खोल देना।

disembark v.t. & i. अवतारण करना, अवतरण करना, तटपर जाना या रखना, जहाज आदिसे उतारना, उतरना।

disembarkation, -ment nn. अवरोहण, अवतरण, तटपर जाना या रखना, जहाज आदिसे उतारना या उतरना।

disembarrass v.t. सुलझाना, खोलना; उद्धार करना, संकटसे मुक्त करना, व्याकुलता या घबड़ाहटसे मुक्त करना, झंझट या उलझनसे बचाना या हटाना, छुटकारा देना, परेशानीसे उबारना।

disembarrassment n. सुलझन, सुलझाव; घबड़ाहट-से मुक्ति, झंझट या परेशानीसे छुटकारा।

disembellish v.t. सौन्दर्य्यापसारण करना, सजावट मिटाना, भद्दा बनाना।

disembodiment n. सेनाभंग, फौज तोड़ना; अदेहत्व, अशरीरत्व।

disembody v.t. सेनाभंग करना, फौज तोड़ना; अमूर्त्त करना, निराकार बनाना, शरीरहीन या कायाहीन करना, देहरहित करना, देहहीन करना; समूहोन्मुक्त करना, समूहोन्मोचन करना।

disembogue v.t. & i. (ला०) निःसारित करना या होना, उगलना (व्याख्यान), उँड़ेलना, गिराना; (नदी आदिका) समुद्रमें गिरना।

disemboguement n. निस्सरण, जलका निकास।

disembosom v.t. रहस्य-प्रकाशन करना, भार हलका करना।

disembowel v.t. अँतड़ी निकालना, पेट खाली करना।

disembowelment n. आन्त्र-निष्कासन, आँतें निकालना।

disembroil v.t. उलझन अथवा घबड़ाहटसे निस्तार करना, उद्धार करना, मुक्त करना, उलझाव दूर करना, सुलझाना, निकालना, उबारना।

disemplane v. i. वायुयानसे उतरना।

disemploy v.t. कार्य-व्यापारसे हटाना, नौकरीसे अलगाना।

disemployed a. कार्य-व्यापार-विरत, बेरोजगार।

disenable v.t. अक्षम बनाना, अयोग्य बनाना, कार्य-क्षमतारहित करना; = DISABLE.

disenchant v.t. मन्त्रके प्रभावसे मुक्त करना, भ्रान्ति

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

दूर करना, मोहरहित करना, जादूसे मुक्त करना, भ्रम छुड़ाना, जादू-टोनेका प्रभाव हटाना।

disenchantment n. अभ्रान्ति, जादू-टोनेके प्रभावसे मुक्ति या छुटकारा।

disencumber v.t. ऋणमुक्त करना, भारमुक्त करना, भार हलका करना, सरका बोझा उतारना।

disendow v.t. (गिरजाघरमें) वृत्तिच्छेद करना, वृत्तिरहित करना, वृत्तिदान छीन लेना, वृत्ति देना बन्द करना, वृत्ति जब्त कर लेना।

disendowment n. वृत्ति-लोप, वृत्ति-राहित्य, वृत्तिकी जब्ती।

disenfranchise v.t. नागरिकताके अधिकारसे वंचित करना; मताधिकारसे वंचित करना।

disengage १. n. तलवारकी नोकको शत्रुकी तलवारके दूसरे पहलूकी ओर ले जानेकी क्रिया; २. v.t. & i. (पटेबाजी) तलवारकी नोकको शत्रुकी तलवारके दूसरे पहलूकी ओर लाना; सम्पर्क छोड़ना, अलग होना, सट्टा तोड़ना; निरभियोजन करना, वियुक्त करना, विमुक्त करना, पृथक् करना, ढीला करना, अलग करना, अलग हो जाना, छुड़ाना।

disengaged a. (क्रियागत अर्थोंमें); वियुक्त, युक्त, विलग; खाली; निर्व्यापार, अव्यावृत, कार्यमुक्त, कर्महीन।

disengagedness n. विमुक्ति, अव्यवस्थितचित्तता, अनवहितत्व।

disengagement n. सगाई छूट जाना; वियुक्ति; विलगता; (रसा०) अवयवोंका वियोग; अवकाश, अवसर, छुट्टी; स्वतन्त्रता, बन्धनोंसे मुक्ति; सरल सीधा ढंग।

disentail v.t. (कानून) छूट देना, नियमसे मुक्त करना (इस ढंगसे कि सम्पत्तिके उत्तराधिकारी सम्पत्तिका दान या विक्रय न कर सकें); उपर्युक्त नियमको तोड़ देना।

disentangle v.t. & i. जटिलता दूर करना, हल करना, खोलना; उलझनसे निकल आना, बच आना; उद्धार करना, मुक्त करना, सुलझाना, सुलझना, उलझन दूर करना, झंझटसे निकालना, छुड़ाना, छूटना।

disentanglement n. हल, सुलझाव; मुक्ति।

disenthral(l) v.t. स्वतन्त्र करना, दासत्वसे मुक्त करना, बन्धनसे मुक्त करना, छोड़ देना, रिहा करना।

disenthralment n. स्वतन्त्रता, मोक्ष, दासत्व या बन्धनसे मुक्ति।

disenthrone v.t. सिंहासन-च्युत करना, गद्दीसे उतारना।

disentitle v.t. अनधिकृत करना; उपाधिसे वंचित करना।

disentomb v.t. पता लगा लेना, खोज निकालना, खोदकर निकालना; कब्रसे बाहर निकाल लेना।

disentrain v.t. रेलगाड़ीसे उतरना।

disentrance v.t. दिवास्वप्न या ख्यालीपुलावकी अवस्थासे अलग करना; भावसमाधि या आनन्दातिरेक या आनन्द चेतनासे जगाना; अवचेतनता या मूर्च्छा या बेहोशी दूर करना।

disentwine v.t. एकहरा करना; सुलझाना।

disenvelop v.t. निरावृत करना, आवरण हटाना।

disenviron v.t. वातावरणसे मुक्त करना।

disepalous a. (वन०) द्विनिदल।

disequilibrium n. असमतोल, विसंतुलन; अस्थिरता, क्षोभ।

disestablish v.t. स्थापितोच्छेद करना, किसीकी व्यवस्था भंग करना या रद्द करना, बन्द करना; (ईसाई-धर्मका) सरकारसे सम्बन्ध-विच्छेद करना; सम्बन्धसे वंचित करना; अपदस्थ करना, पदसे हटा देना।

disestablishment n. स्थापितोच्छेद, व्यवस्था-भंग; पदच्युति, सम्बन्ध-विच्छेद।

disesteem[1] n. तिरस्कार, अवज्ञा, अनादर, उपेक्षा।

disesteem[2] v.t. तिरस्कार करना, अवज्ञा करना, उपेक्षा करना।

disestimation n. = DISESTEEM[1].

diseur n. (fem. *diseuse*) पेशावर कथाकार या उद्गाता।

disfavour १. n. अननुग्रह, अप्रीति, अकृपा, नापसन्दी, नाराजगी; अकृपाका पात्र होना (*fall into* ~); २. v.t. विरक्ति दिखाना, अकृपा करना, अप्रीति प्रकट करना, अप्रसन्न होना, नाराज होना।

disfeature v.t. रूप भ्रष्ट करना या बिगाड़ना।

disfiguration n. विकृतीकरण, विरूपीकरण, सौन्दर्यका विनाशीकरण।

disfigure v.t. विरूपण करना, विरूप करना, आकृति बिगाड़ना, विकृत करना, कुरूप करना, कुरूप बनाना, दूषित करना, कलंकित करना, सौन्दर्यहीन करना, सौन्दर्य नष्ट करना, बदसूरत करना, बिगाड़ना।

disfigured a. विरूपित, विकृत, बिगड़ा हुआ।

disfigurement n. विरूपण, विरूपता, विकृति, विकार, कुरूपता, सौन्दर्य-नाश।

disforest v.t. निर्वनीकरण करना, वननाशन करना, वनविहीन करना, वन काटकर साफ करना, जंगल काटना।

disforestation n. निर्वनीकरण, वननाशन।

disform v.t. रूप-परिवर्तन करना, रूप बदलना।

disfranchise v.t. मताधिकार-वंचन करना, मतदानसे वंचित करना, लोकसभामें प्रतिनिधि भेजनेके अधिकारसे किसी स्थानको वंचित करना, किसी व्यक्तिके मतप्रदान करनेके अधिकारको छीन लेना या हटा लेना; नागरिकता-के अधिकारसे वंचित करना, पौराधिकार छीन लेना।

disfranchisement n. प्रतिनिधि-प्रेषणके अधिकारका अपहरण, नागरिकताके अधिकारोंका अपहरण, मताधिकार-का अपहरण।

disfrock v.t. पादड़ीको विवस्त्र करना, पदसे वंचित कर देना।

disfurnish v.t. कक्ष-सज्जोपकरणसे रहित करना, फर्नीचर (कुर्सी मेज इत्यादि)से हीन करना।

disgavel v.t. (कानून द्वारा) भू-पैतृकतासे वंचित करना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

disgorge v.t. & i. (नदी आदिका) प्रत्यर्पण करना, पानी उँड़ेलना, समुद्रमें गिरना; (छीनी हुई वस्तु, लूटका माल आदिका) परित्याग करना, वापस करना; वमन करना, उल्टी करना, (गलेसे) उगलना।

disgorgement n. वमन, वान्ति, कै, उलटी, उबकाई।

disgrace[1] n. लांछन, कलंक, लज्जा, बदनामी; मानहानि, अवमान, अपयश, निरादर, अपमान; कलंकास्पद, कुलांगार।

disgrace[2] v.t. कलंकित करना, लांछन लगाना, लज्जाका कारण बताना, नामपर बट्टा लगाना; निरादर करना, अनादर करना, अपमानित करना, लज्जित करना।

disgraced a. अपमानित, दूषित, कलंकित।

disgraceful a. कलंकयुक्त, अपयशस्कर, अयशस्कर, अकीर्तिकर, अपयशपूर्ण, लज्जाकर, लज्जाजनक, अवमाननापूर्ण, अपमानजनक।

disgracefulness n. कलंक, अकीर्ति, अपयश, लज्जा; अवमानना, निरादर, अपमान।

disgracer n. अपयशस्कर, अपमान करनेवाला।

disgrade v.t. पदच्युत करना; हेय या हीनतर बनाना।

disgregation n. पृथक्करण, अलगाव, छितराव।

disgruntle v.t. अप्रसन्न करना; रुष्ट करना; असन्तुष्ट करना।

disgruntled a. अतृप्त, उदास, असन्तुष्ट; पीड़ायुक्त, क्लेशमय ⊙।

disguisal n. = DISGUISEMENT.

disguise[1] n. छद्मवेष, कपटरूप, वेष-परिवर्तन (*blessing in* ~); आवरण; भेष बदलनेकी पोशाक; कृत्रिमता, धोखा, बनावट।

disguise[2] v.t. छद्मवेष धारण करना, वेष-परिवर्तन करना, भेस बदलना (~ *oneself*); स्वाँग भरना; गुप्त रखना, दाबे रखना, ढँकना, छिपाना (~ one's *intention, opinion*); तथ्य या असलियतको छिपाना, कुछका कुछ प्रकट करना, स्वरूप बदलना; ~*d in* or *with drink* or *liquor* नशेमें चूर।

disguisement n. छद्मवेष, कपटरूप, वेष-परिवर्तन, बहुरूप बदलना, छिपाना।

disguiser n. छद्मवेषधारी, बहुरूपिया।

disgust[1]* n. वमनेच्छा, विरक्ति, अरुचि, घृणा, उकताहट, घिन, ऊब*।

disgust[2] v.t. अरुचि उत्पन्न करना, अरुचि होना, क्रोध दिलाना, घृणा करना या होना, ऊब या उकता जाना, जी भर जाना, घिन भरना, उबाना।

disgusted a. अरुचिपूर्ण, घृणापूर्ण, ऊबा हुआ।

disgustful a. कुत्सायुक्त, कुत्सित, अरुचिकर, घृणाजनक, घृणापूर्ण।

disgustfulness n. कुत्सापूर्णता, कुत्सितता, निर्वेद, घृण्यता।

disgusting n. घृणा उद्भूत करनेवाला, अरुचिकर।

dish[1] n. (प्रा०) प्याला, कटोरा, कप; थाली, तश्तरी, रकाबी; डोंगेकी आकृतिका कोई पात्र; विशिष्ट भोजन, इस पात्रमें स्थापित भोजन; शराबक; (प्रा०) ~-clout रकाबियाँ आदि साफ करनेका कपड़ा या साफी; ~-cover रकाबीमें भोजन गर्म रखनेके लिए धातु आदिका ढक्कन; ~ of gossip गपशप; ~-washer एक जलपक्षी; made ~ विभिन्न अंशोंसे पका हुआ भोजन; standing ~ (ला०) दैनिक आहार;

~ board, ~-crowned, ~-faced, ~-headed, ~-maker, ~-monger, ~-pan, ~-washing, ~-water, ~-wiper.

dish[2] v.t. & i. थालीमें परोसना; रकाबीके आकारका या नतोदर अथवा खोखला बनाना; कपटसे पराजित करना, धोखा देना, फँसाना; शत्रुओंकी ही नीतिको ग्रहणकर उनको पराजित करना (~*ing the Whigs*); घोड़ेका अगले पैर घुमाते हुए चलना; ~ *out* वितरित करना, बाँटना; ~ *up* भोजन परोसना; (ला०) किसी तथ्यादिको रुचिकर रूपमें उपस्थित करना।

dishabilitate v.t. असमर्थ या अयोग्य बनाना अथवा निर्णीत करना; उजाड़ना।

dishabilitation n. (कानून) अनर्हता, अयोग्योद्घोषणा।

dishabille १. n. ढीला-ढाला वस्त्र, कपड़ा, लिबास, २. a. अपूर्ण वस्त्रवाला, नंगा; उघेल, उघार (*in* ~)।

dishabituate v.t. निःस्वभाव करना, आदत छुड़ाना।

dishallowed a. अपवित्रित, अपावन।

dishallucination n. मोह-निवारण, भ्रमापनयन, निर्भ्रान्ति।

disharmonic a. सामंजस्यशून्य, समन्वयहीन, असंगत, अपस्वरीय, बेसुरा।

disharmonious a. सामंजस्यहीन, समन्वयरहित, असंगत, बेसुरा।

disharmonize v.t. सामंजस्यशून्य करना या होना, सामंजस्य भंग करना, समन्वयहीन करना या होना, अपस्वर करना या होना, बेसुरा बनाना या होना।

disharmony n. असामंजस्य, समन्वयहीनता, असंगति, अपस्वर, बेसुरापन।

dish-cloth n. पात्र-प्रोंछ, शरावक-वस्त्र, थाली पोंछने या साफ करनेका कपड़ा।

dishearten v.t. निराश करना, निरुत्साह करना, हतोत्साह करना, हताश करना; उत्साहभंग करना, दिल तोड़ना, हिम्मत पस्त करना।

disheartened a. निरुत्साहित, हताश।

disheartening a. निराशाकारी, हताश करनेवाला (~ *work*)।

disheartenment n. निराशा, उत्साहहीनता, उत्साहभंग।

dished a. नतोदर, खोखला (~ *wheel*)।

dishelmed a. शिरस्त्राण-रहित, बिना शिरस्त्राणके।

disherison n. दाय-च्युति, पैतृक अधिकारसे वंचित करनेकी क्रिया।

dishevel v.t. & i. आन्दोलित करना, शान्ति-भंग करना; अव्यवस्थित करना, गड़बड़ करना; ढीला लटकाना;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

प्रकीर्ण करना, अव्यवस्थित ढंगसे फैलना, छितराना।

dishevelled a. व्यग्र, पर्याकुल, परेशान (व्यक्ति); मैला, कुचैला, गन्दा; प्रकीर्ण, बिखरे बालवाला; मुक्त, सुस्त, ढीला-ढाला, खुले हुए, बिखरे हुए (बाल)।

dishevelment n. बिखरापन, व्याकुलता।

dishful a. शरावकपूर्ण, थाली भरकर।

dishing n. थालीमें परोसनेकी क्रिया, खोल, गड्ढा।

dishonest a. अनृजु, अशुचि, असाधु, कुटिल, कपटी, धूर्त, दुष्ट, धोखेबाज, मक्कार, खोटा, बदमाश, बेईमान।

dishonesty n. अनार्जव, अनृजुता, अशुचिता, असाधुता, कुटिलता, कपट, छल, धोखा, मक्कारी, झूठ, फरेब, बेईमानी।

dishonour[1] n. अपकीर्ति, अपयश, निरादर, अनादर, अपमान, बेइज्जती; अप्रतिष्ठा, कलंक, लांछन; विपत्र-अनादरण, धनादेश-अनादरण, हुण्डी (विपत्र) न सकारना, चेक (धनादेश) लौटाना या फेरना।

dishonour[2] v.t. निरादृत करना, अनादर करना, अपमानित करना, बेइज्जती करना; कीर्तिपर धब्बा लगाना, अपयश लगाना, बट्टा लगाना, दाग लगाना, बदनाम करना: सतीत्व नष्ट करना, इज्जत उतारना, बेइज्जत करना, बे-आबरू करना; विपत्रका अनादर करना, अस्वीकार करना, धनादेश अस्वीकार करना, हुण्डी (विपत्र) न सकारना, चेक (धनादेश) लौटाना या फेर देना।

dishonourable a. अयशस्कर, अपयशपूर्ण, अकीर्तिकर, अपमानजनक, निन्द्य, कलंकी, लज्जाजनक; अनार्य, अशिष्ट, सिद्धान्तहीन, नीच, कमीना, बेईमान।

dishonourableness n. अवमानना, अपमान्यता; अनार्यत्व, अशिष्टता, सिद्धान्तहीनता, नीचता, कमीनापन।

dishonoured a. अनादृत, अपमानित; अनंगीकृत, अस्वीकृत (*~ bill*)।

dishonourer n. निन्दक, अवमानी, अपमान करनेवाला, बेइज्जती करनेवाला।

dishorn v.t. शृंगविहीन करना, सींग काट लेना।

dishorse v.t. अश्वावरोहण करना, घोड़ेसे उतरना।

dishouse v.t. गृहविहीन करना, बिना घरका करना, घर छीन लेना, बेघर करना।

dishumour n. भद्दा मजाक, दिल्लगी; स्वभाववक्रता, दुःस्वभाव, दुःशीलता।

disillude v.t. भ्रम-निवृत्ति करना, भ्रमापमोचन करना।

disilluminate v.t. प्रकाश हटाना, अँधियारा करना, ज्योतिहीन करना।

disillusion १. n. भ्रमनिवारण, मायाजालसे मुक्ति, जादू-टोनाके प्रभावसे छुटकारा; २. v.t. भ्रम-निवारण करना, माया-जालसे मुक्त करना, जादू-टोनाके प्रभावसे मुक्त करना।

disillusioned n. भ्रान्तिमुक्त, मायामुक्त, भ्रमसे मुक्त।

disillusionize v.t. भ्रम-निवृत्ति करना, भ्रमापमोचन करना।

disillusionment n. भ्रम-निवृत्ति, भ्रमापमोचन, भ्रम-निवारण, मायाजालसे मुक्ति।

disimmure v.t. कारा-मुक्त करना, जेलखानेसे मुक्त करना।

disimprison v.t. =DISIMMURE.

disimprove v.t. हेयतर बनाना, बदतर बनाना।

disimprovement n. अवनति, ह्रास, हेयता।

disincarcerate v.t. कारामुक्त करना।

disincarnate v.t. शरीरधारणसे मुक्त करना।

disinclination n. अस्पृहा, अनीहा, अनभिमति, अप्रवृत्ति, विरक्ति, विराग, विमुखता, अप्रीति, अरुचि, अनिच्छा, ऊब।

disincline v. t. विरक्त करना, विराग उत्पन्न करना, अनिच्छुक करना, रुचि हटाना, चित्त फेरना, दिल फेर देना, उबाना।

disinclined a. विरक्त, पराङ्मुख।

disincorporate v.t. अपनिगमन करना, निगमन-शून्य करना; विगठित करना, किसी संस्थाको भंग करना, तोड़ देना, तोड़ना।

disincorporation n. अपनिगमन, व्यापारिक संस्था या सामाजिक अधिकारोंसे अलगाव, विगठन।

disindividualize v.t. वैयक्तिकतासे हीन बनाना; व्यक्तिगत चिह्नोंसे रहित कर देना।

disinfect v.t. रोगाणुनाशन करना, संक्रामक रोगाणुओंसे मुक्त करना, रोगाणु नष्ट करना; शुद्ध करना, मलिनता हटाना।

disinfectant n. & a. विषघ्न, निःसंक्रामक, रोगाणुनाशक, रोगाणुनाशी, रोगाणुमारक (*~ solution*)।

disinfected a. नाशितरोगाणु, शुद्ध।

disinfecting a. रोगाणुनाशक (*~ candle*)।

disinfection n. रोगाणुनाशन, रोगाणुनाश, रोगाणुओं-का शुद्धीकरण।

disinfective a. विषघ्नी, रोगाणुनाशी।

disinfector n. रोगाणुनाशयिता।

disinfest v.t. परिनाशन करना, निर्दूषण करना, हिंस्रक पशुओंसे मुक्त करना।

disinfestation n. परिनाश, परिनाशन, निर्दूषण, पशुओंसे मुक्त करनेका कार्य।

disinflation n. विस्फीति, (मुद्राका) साधारणीकरण।

disingenuity n. कुटिलता; कपट; बनावट।

disingenuous a. अनुदार, असरल, कुटिल, कपटी, खल, घुन्ना, मक्कार, दुरंगा, दोरुखा, बेईमान।

disingenuousness n. अनुदारता, कुटिलता, कपट, छल, दुरंगापन, घुन्नापन, बेईमानी।

disinherit v.t. दायच्युत करना, दाय विहीन करना, पैतृक सम्पत्तिसे वंचित करना, उत्तराधिकारी न मानना, रिक्थाधिकारसे वंचित करना, अस्वीकार करना।

disinheritance, -son n. रिक्थच्छेद, दाय-च्युति, दाय-विहीनता, उत्तराधिकार या पैतृक सम्पत्तिका अपहरण।

disinhume v.t. पृथ्वीसे निकलना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

disinsectization n. कीटनाशन।
disintegrable a. अविच्छेद्य, वियोज्य।
disintegrant n. अविच्छेदक, वियोजक।
disintegrate v.t. & i. वियोजन करना, अवच्छेद करना, विच्छिन्न करना, पृथक् करना, खण्ड-खण्ड करना या होना, तत्त्वोंको अलग-अलग करना।
disintegrated a. वियोजित, विघटित, अवच्छिन्न।
disintegrating a. वियोजनसम्बन्धी, अवच्छेदक, (~ *action*)।
disintegration n. वियोजन, विश्लेषण, विश्लेष, अवच्छेदन, खण्डन।
disintegrative, disintegratory aa. वियोजी।
disintegrator n. वियोजक, विश्लेषक, अवच्छेदक, खण्ड-खण्ड करनेवाला।
disinter v.t. उत्खनन करना, खोदकर निकालना, गड़ी हुई चीज खोदना, (कब्रसे) बाहर निकालना।
disinterest[1] n. अहित, अलाभ; स्वार्थराहित्य, स्वार्थहीनता, निर्लेप, निरीहता, उदासीनता।
disinterest[2] v.t. & refl. निर्लिप्त बनाना, स्वार्थरहित करना या होना, सम्बन्ध तोड़ना, रुचि हटा लेना, ध्यान हटा लेना, दिलचस्पी खो देना।
disinterested a. निर्लिप्त, उदासीन, निरपेक्ष, निःस्पृह, निर्मम, निःसंग, अपक्षपाती, निःस्वार्थ, स्वार्थरहित; निष्पक्ष, उदार; ~ management शराबखानेका पूर्त प्रबन्ध (जिसमें प्रबन्धकको शराबके विक्रयसे लाभ नहीं मिलता)।
disinterestedness n. निर्लिप्तता, निरीहता, निःसंगता, निष्पक्षता, अपक्षपात, उदासीनता, स्वार्थहीनता; निष्पक्षता, उदारता।
disinterment n. शवोत्खनन, उत्खनन, बाहर निकालना, खोदकर निकालना।
disintricate v.t. जटिलतासे रहित बनाना, सुलझाना।
disinvest v.t. अपनियोजन करना, वंचित करना; कपड़े उतारना।
disinvestiture n. अपनियोजन-क्रिया, कपड़े उतारनेका कार्य।
disinvestment n. अपनियोजन, बाहर देशोंमें लगा हुआ धन बटोरना।
disinvolve v.t. सुलझा देना, खोलना।
disjaskit a. जीर्ण-शीर्ण, फटा हुआ, घिसा हुआ।
disject v.t. बिखेरना, तितर-बितर करना; खण्ड-खण्ड करना, तोड़कर अलग कर देना।
disjection n. बिखराव, छितराव; विखण्डन, अलगाव।
disjoin v.t. विच्छिन्न करना, असम्बद्ध करना, असंयुक्त करना, वियुक्त करना, पृथक् करना, तोड़ना, अलगाना, अलग करना।
disjoint v.t. ग्रन्थि-च्युत करना, ग्रन्थि शिथिल करना, सन्धि-च्युत करना, जोड़ तोड़ना, जोड़ अलग करना; हटाना, सरकाना; असंलग्न करना, असम्बद्ध करना, सिलसिला तोड़ना।
disjointed a. असम्बद्ध, असंलग्न, असंहत, असंगत (~ *speech*)।
disjointedness n. वियुक्ति, असंश्लिष्टता; सन्धि-च्युति, असंहति, असंगति, असम्बन्ध।
disjunct a. वियोजित, अलग किया हुआ, हटाया हुआ।
disjunction n. वियोजन, वियुक्ति, वियोग, असंयोग, विसंधान, पार्थक्य, विलगता, अलगाव।
disjunctive १. n. विकल्पात्मक सम्बन्धवाचक या समुच्चयबोधक अव्यय (~ *conjunction*); २. a. (तर्क०, व्या०) विकल्पात्मक, वैकल्पिक, विकल्पवाची, विकल्पयुत (~ *proposition*); विकल्प, दोमेंसे एक; वियोगशील, विलग करनेवाला, अलग करनेवाला; असंयुक्त।
disjuncture n. वियोजन, वियुक्ति, अलगाव, पृथक्करण।
disk, disc n. टिकुली, तश्तरी, रकाबी; कटोरा, चक्र, शरीर या पौधेका गोल चपटा भाग; बिम्ब, परिधि, मण्डल (*sun's* ~); ~ jockey (ग्रा०) ग्रामोफोनके ध्वनिलेख (रिकार्ड)के आकाश-वाणी कार्यक्रमका संयोजक या व्यवस्थापक।
dislikable a. अप्रियकर, घृणायोग्य।
dislike १. n. विरक्ति, विराग, विमुखता, अरुचि, अनिच्छा, घृणा; २. v.t. घृणा करना, नापसन्द करना।
disliked a. अप्रिय, अनीप्सित, अनिष्ट।
dislimb v.t. अंग-विच्छेद करना; अंग-भंग करना।
dislimn v.t. धो डालना, मिटा डालना, अभिलोपन करना, ऊपरके तलको नष्ट करना।
dislink v.t. विशृंखल करना, पृथक् करना, जोड़परसे पृथक् करना।
dislocate v.t. (भूगर्भ०) विस्थापित करना, (चट्टानोंकी तहोंका) सम्बन्ध-विच्छेद करना, अलग-अलग करना; स्थानभ्रष्ट करना, सरकाना; विसन्धान करना, अव्यवस्थित करना, (किसी अंगको) स्थानान्तर करना, अस्त-व्यस्त करना, जोड़से हटाना, स्थानसे हटाना, सरकाना।
dislocated a. विस्थापित, स्थानान्तरित।
dislocation n. विस्थापन, विसन्धान, स्थान-भ्रंश, सन्धिभंग, जोड़से हटाना, हड्डी उतारना या उतरना, सरकाना।
dislocatory a. विस्थापनशील, स्थानभ्रंशक, विसन्धायक, विस्थापनात्मक।
dislodge v.t. निरस्त करना, निर्वासित करना, स्थानच्युत करना, बहिष्कृत करना, (किलेबन्द शत्रुको) निकाल बाहर करना, निकाल देना, मोरचेसे हटा देना, उखाड़ना।
dislodg(e)ment n. निस्सारण, निर्वासन, निरसन, बहिष्करण, शत्रुका निष्कासन, मोरचेसे हटाना।
disloyal a. राजद्रोही, द्रोही, राजभक्तिहीन, भक्तिहीन, राज्यविरोधी, अराजनिष्ठ, अभक्त, गद्दार, बागी; अविश्वासी, विश्वास-घाती, बेवफा।
disloyalist n. & a. राजद्रोही, बागी, गद्दार।
disloyalty n. राजद्रोह, द्रोह, अभक्ति, गद्दारी, बगावत, बेवफाई; अविश्वास, विश्वासघात।
dismal a. रौद्र, दारुण, भीषण, उग्र, भयानक, घोर,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

डरावना; निरुल्लास, अप्रसन्न, निरानन्द, उदासीन, उदास, शोकमग्न, दुःखमय; the ~ science राजनीतिक अर्थशास्त्र ।

dismality n. उदासीनता, हर्ष-राहित्य, शोकपूर्णता, विषण्णता ।

dismalness n. दारुणता, उग्रता; निरुल्लास, उदासीनता ।

dismals n. pl. म्लानता, उदासीनता; उदासी ।

disman v.t. मनुष्य-रहित करना, निर्जन करना ।

dismantle v.t. उद्ध्वस्त करना, खण्डकरण करना, किलेकी मोर्चाबन्दी तोड़ देना, जहाजको मस्तूल आदि तोड़कर बर्बाद कर देना; विवस्त्र करना, आवरणहीन करना, साजसामान आदिसे रहित करना, नंगा करना; सुरक्षाके उपायसे वंचित करना ।

dismantled a. खण्डित, उद्ध्वस्त (~ *buildings*) ।

dismantlement n. उद्ध्वंसन, खण्डकरण; विवस्त्रीकरण, वस्त्रहीनता, उपकरणहीनता, सुरक्षाके उपायका अपहरण ।

dismantling n. खण्डकरण, उद्ध्वंसन ।

dismask v.t. कपट-वेष हटाना ।

dismast v.t. (जहाजका) कूपक भंग करना, मस्तूलहीन करना, मस्तूलोंसे रहित करना, मस्तूल तोड़ देना, गिरा देना ।

dismastment n. कूपकापनयन, मस्तूल हटानेकी क्रिया, कूपक भंग, मस्तूल गिरानेकी क्रिया ।

dismay १. n. संत्रास, भीति, आतंक, उद्वेग, व्याकुलता, भय; कातरता, उत्साहहीनता, निरुत्साह, निराशा; २. v.t. संत्रस्त करना, भयविह्वल करना, भयभीत करना, हतोत्साह करना, हताश करना, छक्के छुड़ा देना, धैर्य तोड़ना, हिम्मत तोड़ देना, दिल तोड़ देना, डराना ।

dismayed a. संत्रस्त, भीत, उद्विग्न, व्याकुल; हतोत्साह ।

dismayedness n. संत्रस्तता, उद्विग्नता, उत्साहहीनता, व्याकुलता ।

dismember v.t. विच्छेद करना, विभाजित करना, विभाग करना, टुकड़े-टुकड़े करना; विच्छिन्न करना, अंगका व्यवच्छेद करना, प्रत्येक अवयव पृथक् करना, अंग भंग कर देना, अंग-भंग करना, अंगोंको अलग-अलग करना ।

dismemberment n. अवयवविच्छेद, अंग-व्यवच्छेद, विखण्डन, विभाजन, विभाग, टुकड़े-टुकड़े ।

dismiss v.t. विदा करना, जानेकी आज्ञा देना, जाने देना; उत्सर्जन करना, विसर्जित करना, तितर-बितर करना; (कानून) मुकदमा खारिज करना; पदच्युत करना, अधिकारच्युत करना, सेवामुक्त करना, कार्यविरत करना, पदसे हटाना, निकाल देना, कामसे हटाना, बरखास्त करना, (*was ~ed the*, or *from the, army*); अपाकृत करना, अपनयन करना, सामनेसे हटा देना, हटाना; निस्सारण करना, (विचार) छोड़ देना, किसीके विषयमें सोचना बन्द करना, मनसे अलग करना, मनसे दूर करना, दिलसे हटा देना, निकालना; किसी विषयपर संक्षेपमें विचार करना, सरसरी तौरपर विचार करके टाल देना; (क्रिकेट) बैटसमैनके पास गेंद फेंकना, जोरका हिट लगाना, थोड़ेसे रनोंमें आउट कर देना; the ~ (सेना०) कवायदके बाद छुट्टी ।

dismissal, dismission nn. विमुक्ति, विदाई; उत्सर्जन; दूरीकरण, निराकरण, निरसन; विसर्जन, सैन्यभंग, जानेकी आज्ञा; पदच्युति, अधिकार-च्युति, खारिज करना या होना; आउट करना ।

dismissible a. विसर्जनीय, निरसनीय, पदच्युति योग्य; खारिज करने लायक; आउट करने योग्य ।

dismissory a. विसर्जनात्मक, निरसनशील ।

dismount १. n. अवतरण, अश्वावरोहण, उतराई; २. v.t. & i. अवतारण करना, अवरोहण करना, अवतरित होना, किसी वस्तुको उसके स्थानसे हटाना; घोड़े आदिपरसे उतरना या उतारना ।

disnaturalized a. = DENATURALIZED.

disnatured a. अप्राकृतिक; अस्वभावयित, स्वभावच्युत ।

disnest v.t. नीडापसारण, घोंसलेसे हटाना ।

disnomy n. कुविधान ।

disobedience n. अवज्ञा, अनाज्ञाकारिता, आज्ञोल्लंघन, आज्ञाभंग, द्रोह, नियमोल्लंघन ।

disobedient a. अवज्ञाकारी, उल्लंघन करनेवाला, आज्ञा भंग करनेवाला, नियम तोड़नेवाला ।

disobey v.t. & i. अवज्ञा करना, आज्ञा भंग करना, आज्ञाका उल्लंघन करना, नियम भंग करना; अमान्य करना, न मानना ।

disobeyed a. उल्लंघित, अननुष्ठित ।

disoblige v.t. विरक्त करना, अननुगृहीत करना, अप्रिय आचरण करना, असन्तोष उत्पन्न करना, अप्रसन्न करना, रुखाई बरतना, लिहाज न करना ।

disobliged a. अकृतकृत्य, अनाभारी, आभारमुक्त ।

disobligement n. अप्रिय या प्रतिकूल आचरण ।

disobliging a. निष्ठुर, अनपकारी, अनुग्रहहीन, असन्तोषकर, अप्रिय आचरण करनेवाला, मुरौवत न करनेवाला, लिहाज न करनेवाला ।

disorder[1] n. व्यतिक्रम, अक्रम, क्रमभंग, व्यस्तता, अव्यवस्था, अशान्ति, शान्तिभंग, गड़बड़; संभ्रम, विप्लव, हंगामा, खलबली, हलचल, हुल्लड़, हड़बोंग, हुड़दंग, शोरगुल; विकृति, विकार, व्याधि, दोष, अस्वास्थ्य, रोग, बीमारी, मर्ज ।

disorder[2] v.t. व्यतिक्रम करना, विशृंखल बनाना, क्रमभंग करना, अव्यवस्थित करना, उपद्रव करना, हलचल या हड़बोंग करना, हुड़दंग मचाना, खलबली मचाना, गड़बड़ी करना, हुल्लड़ करना; अस्वस्थ करना, स्वास्थ्य बिगाड़ना, पीड़ित करना ।

disordered a. अव्यवस्थित, विपर्यस्त, संकुल; आतुर, पीड़ित, रुग्ण ।

disorderliness n. व्यतिक्रम, व्यस्तता, अव्यवस्था, आतुरता, गड़बड़ी ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

disorderly a. उपद्रवी, उत्पाती, गड़बड़ी पैदा करनेवाला; विपर्यस्त, व्यस्त, क्रमहीन, उच्छृंखल, अनुशासनहीन, अस्त-व्यस्त, अव्यवस्थित, अनवस्थित, अनियमित, नियम-विरुद्ध; सम्भ्रान्त, व्यग्र, व्याकुल; ~ house (कानून) वेश्यालय, वेश्यागृह; फड़, जुआखाना।

disordinate a. अमर्यादित; अस्तव्यस्त या अव्यवस्थित।

disorganization n. विसंघटन, विघटन, व्यतिक्रम, विगठन, व्यस्तता, अव्यवस्था, गड़बड़ी, हुड़दंग, हड़बोंग।

disorganize v.t. विसंघटन करना, विघटित करना, विगठित करना, अव्यवस्थित करना, अस्त-व्यस्त करना, क्रमभंग करना, गड़बड़ी करना, हलचल या हड़बोंग करना, हुल्लड़ करना।

disorganized a. विसंघटित, विघटित।

disorient, disorientate v.t. प्राचिविमुख करना, दिशा गड़बड़ाना, घबड़ाना।

disorientation n. आत्मविस्मृति, दिशाभ्रम, घबड़ाहट।

disown v.t. निष्ठा त्यागना, अनंगीकार करना, अस्वीकार करना, त्यागना, न अपनाना, छोड़ना, इनकार करना।

disowned a. अनंगीकृत, त्यक्त।

disownment n. अनंगीकरण, त्याग।

disoxidate v.t. विजारण करना।

disoxidation n. विजारण।

disoxygenate v.t. = DISOXIDATE.

disoxygenation n. = DISOXIDATION.

disparage v.t. अवबाद करना, अवज्ञा करना, तिरस्कार करना, तुच्छ बनाना, उपेक्षित समझना, निन्दा करना, अनादृत करना, घटाकर दिखाना; अप्रतिष्ठित करना, अवमानित करना, बदनाम करना।

disparageable a. अवज्ञेय, उपेक्ष्य, निन्द्य, अवमान्य।

disparagement n. अवमान, गुणापकर्ष, अवमानना, अवज्ञा, अप्रतिष्ठा, तिरस्कार, निन्दा, बदनामी।

disparager n. अवमानी, निन्दक।

disparate १. n. (प्रायः बहु०) सर्वथा असदृश या विभिन्न वस्तुएँ; २. a. असंवादी, विसदृश, विषम, असम, असम्बद्ध, सम्बन्धहीन, विभिन्न, असमान।

disparateness n. = DISPARITY.

disparity n. वैषम्य, असदृशता, विषमता, असाम्य, असमता, असमानता, अन्तर, भेद; (गणित) असमार्हता।

dispark v.t. पार्ककी भूमिको दूसरे काममें लाना।

dispart[1] n. बन्दूकोंकी मक्खी, मसा; नालके दोनों सिरोंके बीच व्यासका अन्तर।

dispart[2] v.t. & i. विभिन्न दिशाओंमें जाना, बिखरना, बाँटना; वितरण करना, (का०) वियुक्त करना, विभक्त करना, विच्छिन्न करना, द्विधा करना, पृथक् करना, विभाजित करना, दो टूक करना, अलग करना।

dispassion n. प्रशान्तचित्तता, प्रशान्ति, निरपेक्षता, निष्पक्षता, निःसंगता, उदासीनता, गम्भीरता, विराग, धीरता।

dispassionate a. शान्त, निष्पक्ष, निःसंग, वीतराग, निरपेक्ष, स्थिरमना, उदासीन, संवेगहीन, आवेगरहित, धीर।

dispassionateness n. निष्पक्षता, उदासीनता, आवेगहीनता; शान्तचित्तता।

dispatch[1], **des-**, n. क्षमता, शीघ्रसम्पादन, शीघ्रता, जल्दी; (दूत, पत्र, आदिका) प्रेषण, भेजना, रवानगी; माल भेजनेकी एजेंसी (अभिकरण) (~ *box*); सरकारी पत्र; वध, कत्ल; ~-rider सैनिक समाचार ले जानेवाला घुड़सवार या मोटरसाइकिलवाला; happy ~ जापानियोंमें प्रचलित आत्महत्या;

~-boat, ~-case.

dispatch[2], **des-** v.t. & i. जल्दी-जल्दी भोजन कर लेना; (प्रा०) शीघ्रता करना, जल्दी करना; शीघ्रताके साथ सम्पादित करना, तय करना, झटपट करा लेना; प्रेषित करना, रवाना करना, पठाना, भेजना; समाप्त कर देना, काम तमाम करना, वध करना, मार डालना।

dispatchful a. शीघ्रकारी, द्रुतकर्मी, प्रवीण, चुस्त।

dispauper v.t. दारिद्र्याधिकारसे वंचित करना, दरिद्राश्रमसे निकालना।

dispauperize v.t. निर्धनता दूर करना।

dispeace n. मतभेद, झगड़ा; अशान्ति, हलचल, हो-हल्ला, शान्तिका अभाव।

dispel v.t. (भय, अन्धकारको) अन्तर्हित करना, निरस्त करना, निवारण करना, नष्ट करना, मिटाना, निकालना, छितराना, हटाना, उड़ाना, तितर-बितर करना, दूर करना, भगाना, भगा देना।

dispeller n. निराकारी, उच्छेदक, निवारक।

dispend v.t. विवर्द्धन करना, बढ़ाना।

dispensability n. DISPENSABLENESS.

dispensable a. उपेक्षणीय, परित्याज्य; निवार्य, अनावश्यक, विशिष्ट अवसरोंपर शिथिल या ढीला करने योग्य (विधान, नियम, शपथ); निर्वाह्य, परिकल्प्य।

dispensableness n. उपेक्षणीयता, अनावश्यकता; निर्वाह्यता, परिकल्प्यता, वितरणीयता।

dispensary n. औषधशाला, औषधालय, दवाखाना; अत्तारकी दुकान;

~ account, ~ committee, contingencies, ~ donation register, ~ establishment, ~ fund, ~ hours, ~inspection note, ~ staff, ~ subscription register, ~ town.

dispensation n. किसी समय प्रचलित धार्मिक व्यवस्था उल्लंघनाज्ञा (*Christian* ~); विमुक्ति, छूट; क्षमा, माफी; प्रकृति-विधान, भगवद्विधान; व्यवस्था, प्रबन्ध; आदेश, आज्ञा; वितरण, विभाजन, बाँट; भाग्य, तकदीर।

dispensatory १. n. औषधीय व्यवस्थाओंकी पुस्तक, डाक्टरके नुस्खेकी किताब; २. a. क्षमा-प्रदाता, माफी देनेवाला।

dispense v.t. & i. औषधयोजन करना, वितरण

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

करना, (ओषधि) बनाना तथा देना; विमुक्त करना, क्षमापत्र प्रदान करना, माफीनामा देना; आभार या कर्तव्यसे मुक्त करना; वितरण करना, विभाजन करना, भाग करना, बाँटना; त्यागना, छोड़ना, (संस्कार, न्याय) करना; ~ *with* मुक्त करना, छूट देना, माफी देना, रियायत करना; (शपथके) बन्धनसे मुक्त करना; अनावश्यक बनाना (~ *the need of*); किसी चीजके बिना काम चलाना।

dispenser n. औषधयोजक, औषधनिर्माता, औषध-वितरक, अत्तार, प्रवर्तयिता, निर्वाहक; ~ balance औषध-तुला।

dispensing v.t. औषध-योजन, औषध-वितरण।

dispeople v.t. जनशून्य करना, निर्जन करना, जनहीन कर देना, वीरान करना, उजाड़ना।

dispermatous a. = DISPERMOUS.

dispermous a. द्विबीज, दो बीजवाला।

dispersal n. विप्रथन, परिव्याप्ति, फैलाव; अपकिरण; विसर्जन, छिन्न-भिन्नता, छितराव, भगदड़।

disperse v.t. & i. विप्रथन करना, परिव्याप्त करना, फैलाना; (प्रकाश) श्वेत प्रकाशको इसकी रंगीन किरणोंमें विभक्त करना, निर्व्यूढ करना, विसर्जन करना, छिन्न-भिन्न करना, अस्तव्यस्त करना, तीन-तेरह करना या होना, तितर-बितर करना या होना, दूर करना या होना, बिखेरना, छितराना, भंग करना, भगा देना, इधर-उधर भेजना या फेंकना, भगदड़ करना; विभिन्न स्थानोंपर नियुक्त करना या भेजना।

dispersed a. अपकीर्ण; निर्व्यूढ, विसर्जित, विच्छिन्न।

dispersedness n. परिव्याप्ति, अपकीर्णता, विच्छिन्नता, अस्तव्यस्तता, बिखराव।

disperser n. परिव्यापयिता, तितर-बितर करनेवाला, फैलानेवाला, विक्षेपक, विच्छेदक, अलग-अलग करनेवाला।

dispersible a. परिव्याप्य, अपकीर्य, विच्छेद्य, छितराने लायक।

dispersing n. विसर्जन, विक्षेपण।

dispersion n. अपकिरण; विक्षेपण, विसर्जन, छिन्न-भिन्नकरण, छिन्न-भिन्न दशा, तितर-बितर, फैलानेका कार्य; शोथ-शान्ति; the D~ बन्दी होनेके पश्चात् यहूदियोंका इतर जातिमें फैलना;

~ curve, ~ method, ~ theory.

dispersity n. अपकिरता।

dispersive a. अपकिरणकारी; विच्छिन्न करनेवाला, तितर-बितर करनेवाला, दूर करनेवाला, फैलानेवाला।

dispersiveness n. परिव्याप्ति, विच्छिन्नता, छिन्न-भिन्नता।

dispirit v.t. विषण्ण करना, हताश करना, निरुत्साह करना, उत्साह भंग करना, साहसहीन करना, दिल तोड़ना, हिम्मत तोड़ना।

dispirited a. खिन्न, अवसन्न, उदास, दुःखी; भीरु, साहसहीन, डरपोक; निर्बल, दुर्बल।

dispiritedness, dispiritment nn. उदासी, हतोत्साहता; खिन्नता, निर्बलता।

dispiteous a. निर्दय, निष्ठुर।

dispiteousness n. दयाहीनता, निर्दयता, निष्करुणता या निष्कारुण्य।

displace v.t. स्थानच्युत करना, स्थानान्तरित करना, स्थान बदलना, सरकाना, जगहसे हटाना; स्थानपूर्त्ति करना, एक वस्तुके स्थानपर दूसरी वस्तु रखना; पदच्युत करना, विस्थापित करना, विस्थापन करना, निरसन करना, निकाल बाहर करना, किसीको निकालकर उसका स्थान ग्रहण करना।

displaceable a. विस्थापनीय, हटाने योग्य।

displaced a. विस्थापित, निरस्त (~ *person*)।

displacement n. निरसन, विस्थापन, स्थानच्युति, स्थानभ्रंश, स्थानान्तरण, स्थान-नाश; शक्तिकी वह मात्रा (जिससे कोई वस्तु सरकायी जा सके); प्रस्थापन, स्थान-पूर्ति, अदल-बदल, किसी वस्तुके स्थानपर दूसरी वस्तुका आ जाना; जलान्तरण ठोस वस्तु द्वारा अपसारित द्रवकी मात्रा या तौल (*a ship with a ~ of 11,000 tons*);

~ current, ~ effect, ~ law, ~ pump, ~ reaction, ~ rule, ~ series, ~ ton.

displacency n. अप्रसन्नता, विद्वेष, रुष्टता, नाराजगी; घृणा, विरक्ति।

displacer n. विस्थापित्र; विस्थापक।

displant v.t. स्थानान्तरित या निर्वासित करना, निवासस्थान या घरसे भगा देना, घरसे निकाल बाहर करना; किसी जमे स्थानसे उच्छेदित कर देना, उन्मूलित करना, उखाड़ देना, उखाड़ फेंकना।

display[1] n. आडम्बर, प्रदर्शन, विलास, दिखावा; (मुद्रणमें) ध्यान अवकृष्ट करनेवाली टाइपकी सज्जा।

display[2] v.t. प्रदर्शन करना, विलासित करना, प्रदर्शित करना, आडम्बरके साथ दिखाना, दिखाना; स्पष्ट करना, प्रकट करना, प्रकट होने देना; सामने लाना; ~ negligence प्रमाद करना।

displayed a. प्रदर्शित, विलासित, खोलकर सामने रखा गया, फैलाया गया, दिखाया गया; मोटे अक्षरोंमें मुद्रित या छपा हुआ; (अप्रचलित) उन्मुख, ऊपरकी ओर मुख किये हुए।

displayer n. प्रदर्शक, अपगोपन करनेवाला, प्रकाशक, दिखानेवाला।

displease v.t. विरक्त करना, रुष्ट करना, क्रुद्ध करना, अप्रिय या अरुचिकर होना, अप्रसन्न करना, चिढ़ाना, नाराज करना, नाखुश करना।

displeased a. रुष्ट, क्रुद्ध, कुपित, अप्रसन्न, नाराज; *be ~ (at, with)* रुष्ट होना, क्रुद्ध होना, असन्तुष्ट होना।

displeasedness n. रुष्टता, अप्रसन्नता, नाराजी।

displeasing a. क्रोधावह, रोषकारी, असन्तोषजनक, अप्रिय।

displeasingness n. अप्रियता, अरुचिकरत्व,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

असन्तुष्टता ।

displeasure १. n. रोष, अप्रसाद, असन्तोष, अप्रसन्नता, नाखुशी, नाराजगी, गुस्सा; २. v.t. रुष्ट करना, असन्तुष्ट करना, अप्रसन्न करना, नाराज करना, नाखुश करना, गुस्सा दिलाना ।

displicency n. = DISCONTENT.

displume v.t. (का०; शा० तथा० ला०) पक्षहीन करना, कलगी गिरा देना, पर नोच डालना, पर उखाड़ देना; कान्तिहीन करना, शोभा बिगाड़ देना, शान बिगाड़ना ।

dispondee n. (छन्दःशास्त्र) दो गुरु मात्राओंके दो पद ।

dispone v.t. (स्कॉट कानून) विधानतः सम्पत्ति देना ।

disponee n. (स्कॉट कानून) दायभागी, विधानतः जिसे सम्पत्ति दी गयी हो ।

disponer n. (स्कॉट कानून) अधिदाता, जो विधानतः सम्पत्ति दे ।

disport १. n. क्रीडा, विहार, आमोद-प्रमोद, मनोरंजन, केलि, कलोल, कुलेल, अठखेलियाँ, खेल-कूद; २. v. refl. & i. क्रीडा करना, विहार करना, केलि करना, आमोद-प्रमोद करना, आनन्द मनाना, अठखेलियाँ करना, कलोल करना, कुलेल करना, खेलना-कूदना ।

disportment n. मनोरंजन; खेल; खेल-तमाशा,कौतुक ।

disposability n. वश्यता, अधिकारमें होना, त्याज्यता, विनियोज्यता, प्रयोगकी योग्यता; विक्रेय, विक्रणीयता ।

disposable a. वश्य; देय; विनियोज्य, परित्यजनीय, त्याज्य, निर्वर्त्य (~ *balance*), प्रयुज्य, प्रयोग-योग्य; विक्रेय, विक्रणीय, बेचने योग्य ।

disposal n. नियन्त्रण, अनुशासन, अधिकार, वश (*at* one's ~); व्यवस्थापन; व्यवस्था, विन्यास, प्रबन्ध, इन्तजाम; विनियोग, परित्यजन, परित्याग; निर्वर्तन, निर्णय, निपटारा, फैसला; समर्पण, सुपुर्दगी; विक्रय, बिक्री;

~ depot, ~ field, ~ godown, ~ register, ~ store, ~ surplus, ~ works.

dispose v.t. निर्धारित करना, स्थिर करना, निश्चित करना; व्यवस्थापन करना, व्यवस्था करना, क्रमसे रखना, सजाना, सँवारना, सरियाना, ठीक-ठिकाने रखना; (मस्तिष्क अथवा किसी व्यक्तिको) विशेष अवस्थामें लाना, स्वस्थ करना; मोड़ देना, ढाल देना; प्रवृत्त करना या होना, रुझान लाना, इच्छा उत्पन्न करना, झुकाना, झुकना, शौक दिलाना; विक्रय करना, बय करना, बेचना; समाप्त कर देना, विध्वंस कर देना, नष्ट कर देना, काम तमाम कर देना, वध करना, कत्ल करना, मार डालना; निर्वर्तन करना, निर्णय करना, तय करना, चुकाना, निबटाना, फैसला करना; खा जाना; थोड़ेसे रनोंमें आउट कर देना ।

disposed a. विन्यस्त, व्यवस्थित, निर्वर्तित, स्वस्थ (*well-*~) ।

disposedness n. = DISPOSITION.

disposer n. वितरक; निर्देशक; विनियन्ता, प्रबन्धक ।

disposing a. व्यवस्था-सम्बन्धी ।

disposition n. (प्रायः बहु०) आक्रमण आदिके लिए उद्यत सेनाकी टुकड़ियोंका स्थान-निर्धारण; निर्वर्तन, निपटारा; विन्यास, व्यवस्थापन, क्रम, प्रबन्ध, सजावट; अध्यादेश,समयादेश, वितरण (*a ~ of Providence*); अधिकार, वश, काबू; वृत्ति, चित्तवृत्ति, मनोवृत्ति, प्रवृत्ति, प्रकृति, स्वभाव, शील, रुझान, झुकाव, तबियत, मिजाज; दस्तावेज (विलेख) या वसीयत द्वारा दान या हिब्बा ।

dispositional a. वितरण-सम्बन्धी; निर्देशन-सम्बन्धी; व्यवस्थायी, प्रबन्ध-सम्बन्धी; प्रवृत्ति-सम्बन्धी; शीलगत, स्वभाव-सम्बन्धी ।

dispositioned a. प्रवृत्त, प्रकृतिस्थ, प्रबन्ध किया हुआ ।

dispositive a. प्रबन्ध या व्यवस्थासे सम्बन्धित, व्यवस्थित ।

dispositor n. अवस्थापक, अन्य ग्रहोंको नियन्त्रित या नियमबद्ध करनेवाला ग्रह ।

dispossess v.t. स्वत्वहरण करना, आधिपत्य हटाना, अधिकारच्युत करना, किसीको निकालकर उसका स्थान लेना, बेदखल करना; व्यतिधारण करना, व्यतिरोपण करना, धारण-च्युत करना; वंचित करना; प्रेत-पिशाचादिसे मुक्त करना, भूत उतारना ।

dispossessed a. अधिकार-भ्रष्ट, धारण-च्युत, हृतस्वत्व ।

dispossession n. स्वत्वहरण, आधिपत्य-वंचन, अधिकार-च्युति; व्यतिधारण, व्यतिरोपण, धारण-च्युति, धारण-त्याग; भूत-प्रेतादिसे मुक्ति ।

dispossessor n. स्वत्वहर्ता, अधिकारसे च्युत करनेवाला, आधिपत्य छीन लेनेवाला; प्रेत-पिशाचादिसे मुक्त करनेवाला ।

dispost v.t. पदच्युत या स्थान-च्युत करना ।

disposure n. प्रकृति, प्रवृत्ति, चित्तवृत्ति, शील, स्वभाव, रुझान; अवस्थान, व्यवस्था, क्रम ।

dispraise १. n. कलंक, अपयश, दोष, निन्दा, बदनामी; तिरस्कार; २. v.t. कलंकित करना, अपयश फैलाना, दोष लगाना, निन्दा करना, बदनाम करना; तिरस्कार करना ।

dispraiser n. निन्दक, गर्हणा करनेवाला ।

dispread v.t. & i. चतुर्दिक विकिरण करना, चारों ओर छितराना; वितान होने देना या विकिरण होने देना।

disprejudiced a. निस्संग, पक्षपातरहित ।

disprise v.t. अवमूल्यांकन करना, कम समझना ।

disprison v.t. मुक्त कर देना, रिहा करना ।

disprivilege v.t. विशेषाधिकारसे वंचित कर देना ।

disprofit n. अलाभ, हानि, नुकसान ।

disproof n. प्रत्याख्यान, प्रमाण-खण्डन, भ्रान्त प्रतिपादन, खण्डन; अप्रमाण, खण्डन करनेवाली वस्तु ।

dispropertied a. = DISPOSSESSED.

disproportion n. व्यनुपात, अनुपातहीनता, विषमता, वैषम्य, असंगति, असमता, बेढंगापन ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

disproportionable a. व्यनुपाती; अपर्याप्त, विषम, अयोग्य ।

disproportionableness n. व्यनुपातिता; अपर्याप्तत्व, विषमता, अयोग्यता ।

disproportional a. व्यनुपाती ।

disproportionate a. व्यनुपाती, अनुपातहीन, विषम, अनघड़, बेढंगा; बेडौल, बेजोड़, आवश्यकतासे अधिक छोटा-बड़ा ।

disproportionateness n. = DISPROPORTIONABLENESS.

disproportionation n. (रसा०) द्विरनुपातन, दो विभिन्न मिश्रणोंमें परिवर्तन ।

disproportioned a. अनुपातहीन, विषम, अनुचित, बेढंगा, छोटा-बड़ा ।

disprovable a. प्रत्याख्येय, अप्रमाण्य, असत्य, निराधार ।

disproval n. निराकरण, खण्डन, असिद्ध करनेकी क्रिया, अप्रमाणित करनेकी क्रिया ।

disprove v.t. प्रत्याख्यान करना, प्रमाण-खण्डन करना, प्रतिवाद करना, खण्डन करना, अप्रमाणित करना, निराकरण करना, असत्य सिद्ध करना, रद्द करना, काटना, झूठा साबित करना ।

disproved a. असत्यसिद्ध, अप्रमाणित, प्रत्याख्यात ।

disprovided a. अनवाप्त, असज्जित (खाद्य-सामग्रीसे), खाली ।

dispunge v.t. स्पंजसे निकालना, निचोड़ना, मिटाना ।

disputable a. विवाद्य, विवादास्पद, विवादग्रस्त, सन्दिग्ध, सन्देहयुक्त, अनिश्चित ।

disputableness n. विवाद्यता, तर्कार्हता, संदिग्धता, अनिश्चितता, झगड़ा ।

disputant a. & n. विवादी, झगड़ालू; तार्किक, नैयायिक, हेतुवादी ।

disputation n. वितण्डा, युक्ति, वादानुवाद, तर्क-वितर्क, वाद-विवाद, कलह, हुज्जत ।

disputatious a. तर्कात्मक, तर्कप्रिय, विवादार्थी, विवादप्रिय, कलहशील, कलहप्रिय ।

disputatiousness n. तर्कात्मकता, कलहशीलता, कलहप्रियता ।

disputative a. विवादात्मक, तर्कशील, वितण्डात्मक ।

dispute[1] n. विचार; वादानुवाद, वाद-विवाद, तर्क-वितर्क, वितण्डा, बहस, मुबाहिसा; मतभेद, वैमत्य; विवाद, कलह, रार, झगड़ा, तकरार, लड़ाई; *in* ~ विवादास्पद, विवादग्रस्त ।

dispute[2] v. i. & t. विचार करना; विवाद करना, तर्क करना, तर्क-वितर्क करना; विप्रतिपादन करना, खण्डन करना, सन्देह प्रकट करना; प्रत्याख्यान करना, अस्वीकार करना; विरोध करना, आपत्ति करना, रोकना; अवरोध करना, बाधा डालना; स्पर्द्धा करना; कलह करना, झगड़ा करना; चेष्टा करना, प्रयत्न करना, कोशिश करना ।

disputed a. विवाद-, विवादग्रस्त, (~ *succession*) ।

disputer n. दे० DISPUTANT.

disqualification n. अपात्रता, अनर्हता, अयोग्यता, नियोग्यता, गुणाभाव; अधिकारापहरण, अधिकार-वंचना; (विशे०) अवगुण, त्रुटि, दोष, कमी, ऐब ।

disqualified a. अनर्हित, अयोग्य ठहराया गया ।

disqualify v.t. अनर्हित होना या ठहराना, अपात्र होना या ठहराना, अनुपयुक्त होना या ठहराना, अक्षम होना या करना, अयोग्य होना या करना; (क़ानून) अधिकार-वंचित करना, अधिकार छीन लेना ।

disquiet[1] n. अशान्ति, व्यग्रता, व्याकुलता, चिन्ता, वैक्लव्य, क्षोभ, बेचैनी, परेशानी ।

disquiet[2] v.t. अशान्त करना, क्षुब्ध करना, व्याकुल करना, व्यग्र करना, बेचैन करना, परेशान करना ।

disquiet[3] a. अशान्त, क्षुब्ध, व्यग्र, व्याकुल, बेचैन, परेशानी ।

disquietous a. विक्षोभकारी, अशान्त करनेवाला ।

disquietude, disquietness nn. अस्वाच्छन्द्य; अस्थैर्य, अस्थिरता; अशान्ति, क्षुब्धता, क्षोभ, व्यग्रता, व्याकुलता, चिन्ता, परेशानी ।

disquisition n. गवेषणा; अनुसन्धान, अन्वेषण, खोज, जाँच, तहकीकात; शोध-प्रबन्ध, अन्वेष-कृति; निरूपण, विमर्श, विवेचन, परीक्षा ।

disquisitional a. गवेषणात्मक, अन्वेषणीय, जाँच-सम्बन्धी; आलोचनात्मक, विवेचनीय, निरूपणीय ।

disquisitive a. = DISQUISITIONAL.

disquisitor n. अन्वेषक, आलोचक, शोध-प्रबन्ध-लेखक ।

disrank v.t. पदावनत करना, हेय बनाना, पद घटाना ।

disrate v.t. रेटमें कमी करना, दर घटाना ।

disregard[1] n. उदासीनता, उपेक्षा, उपहास, अवहेलना, अनादर, अनपेक्षा, अवज्ञा, अनसुनी, अनदेखी, टाल-मटोल, लापरवाही ।

disregard[2] v.t. उदासीनता दिखाना, उपेक्षा करना, अवज्ञा करना, उपहास करना, अनादृत करना, अग्राह्य मानना, अवहेलना करना, महत्त्व न देना, ध्यान न करना ।

disregarded a. उपेक्षित, अनपेक्षित, अनादृत ।

disregardful a. निरपेक्ष, अनवधान, उपेक्षापूर्ण, औदासीन्ययुक्त, अनादरपूर्ण ।

disrelish[1] n. जुगुप्सा, घृणा, विराग, अप्रीति, विरक्ति, विमुखता, विद्वेष, अप्रवृत्ति, अरुचि, अस्वाद ।

disrelish[2] v.t. जुगुप्सा करना, घृणा करना, विराग होना, विरक्त होना, विमुख होना, अप्रवृत्त होना, अरुचि होना, स्वादु न लगना ।

disremember v.t. (बोल०) विस्मृत करना, विस्मरण करना, बिसारना, भूलना ।

disrepair n. संस्कार-विहीनता, बेमरम्मतीकी दशा (जैसे, *is in* ~) ।

disreputable a. अयशस्कर, अकीर्तिकर, अपमान-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

जनक; अनार्य, निन्द्य, निन्दनीय, कुत्सित, बुरा (~ *conduct*) नीच; गर्हित, चरित्रहीन; कुख्यात, बदनाम।

disreputableness n. अयश, अकीर्ति, अपमान; अनार्यता, निन्दनीयता, कुत्सितता, नीचता; कुख्याति, अप्रतिष्ठा, बदनामी; चरित्रहीनता।

disreputation n. = DISREPUTE.

disrepute n. अपयश, अपमान, अप्रसिद्धि, अप्रतिष्ठा, अपकीर्ति, निन्दा, कलंक, बदनामी।

disrespect १. n. अवज्ञा, अवमान, परिभव, पराभव, अधिक्षेप, असम्मान, अनादर, तिरस्कार; अशिष्टता, अभद्रता, बेअदबी, गुस्ताखी २. v.t. अनादर करना, अवमान करना, उपेक्षित करना।

disrespectable a. अनादरयुक्त, अनादरणीय।

disrespectful a. अनादरपूर्ण, असम्मानपूर्ण, अपमानपूर्ण, अवमानी, उपेक्षामय, अधिक्षेपमय, पराभवपूर्ण; अशिष्ट, अभद्र, बेअदब, गुस्ताख।

disrespectfulness n. अनादर, अवमान, अधिक्षेप, परिभव, पराभव, तिरस्कार; अशिष्टता, अभद्रता, बेअदबी, गुस्ताखी।

disrobe v.t. & i. विवस्त्र करना या होना, नग्न करना या होना, नंगा करना या होना, कपड़े उतारना, उघारा होना।

disroot v.t. निर्मूल करना, उन्मूलन करना, जड़से उखाड़ना; (स्थानसे) निकाल देना, हटा देना।

disrupt v.t. शीर्ण करना, विशीर्ण करना, विदीर्ण करना, छिन्न करना, विच्छिन्न करना, विभिन्न करना, टुकड़े-टुकड़े करना, तितर-बितर करना; विध्वंस करना, नष्ट-भ्रष्ट करना, चीर डालना।

disruption n. विशीर्णता, विदारण, फूट, तोड़-फोड़; विच्छेद, विच्छिन्नता, भंजन; विध्वंस, विनाश, the D~ (१८४३ में, स्कॉटलैण्डकी) फूट।

disruptive a. प्रविदारी (~ *force*), विदारक, विच्छेदकारक, फूट डालनेवाला; विध्वंसक, विनाशक।

disrupture n. = DISRUPTION.

dissatisfaction n. असन्तोष, अतृप्ति, असंतृप्ति, वितुष्टि, अप्रवृत्ति, नाराजी, हलचल।

dissatisfactory a. असन्तोषजनक, अतृप्तिकारी।

dissatisfied a. असन्तुष्ट, अतृप्त, असंतृप्त।

dissatisfy v.t. असन्तुष्ट करना, अतृप्त करना, असन्तृप्त करना; अप्रवृत्ति उत्पन्न करना; अप्रसन्न करना, नाखुश करना, नाराज करना।

dissave v.t. व्यय करना, बचा न रखना।

disseat v.t. अपदस्थ कर देना, स्थान-च्युत कर देना, हटा देना, गिरा देना।

dissect v.t. शवच्छेद करना, अंग-अंग पृथक् करना, चीरना, चीर फाड़ करना; विश्लेषण करना, सूक्ष्म परीक्षण करना, महीन जाँच करना।

dissectible a. विश्लेष्य, व्यवच्छेद्य, चीरने-फाड़नेलायक।

dissecting a. विभाजन-सम्बन्धी; विच्छेदन-सम्बन्धी।

dissection n. विच्छेदन, शवव्यवच्छेद, अंगव्यवच्छेद, चीर-फाड़; शरीरव्यवच्छेद-विद्या; विश्लेषण, सूक्ष्म परीक्षण, विचार।

dissective a. विच्छेदन करनेवाला या करनेसे सम्बन्धित।

dissector n. व्यवच्छेदक, अंगव्यवच्छेदक, टुकड़े-टुकड़े करनेवाला; विश्लेषक, सूक्ष्म परीक्षक, जाँच-पड़ताल करनेवाला।

disseise, -ze v.t. (अविधानतः) स्वत्वापहरण करना, गैरकानूनी अधिकार करना।

dissemblance n. असादृश्य, असमानता, भेद, भिन्नता।

dissemble v.t. & i. (एक बातको दूसरी बातके पर्देमें) गुप्त रखना, गोपन करना, छिपाना, छिपाव करना; छल करना, कपटाचरण करना, कपटवेश धारण करना, छद्मवेश धारण करना; (प्रा०) ध्यान न देना, अवहेलना करना, उपेक्षा करना, अनदेखा करना, अनसुनी करना, टाल देना; उल्लेख न करना, बात छिपाना; पाखण्डी बनना, मक्कार होना।

dissembler n. छली, कपटी, दाम्भिक, छद्मवेषी, पाखण्डी, मक्कार।

dissembling १. a. छली, पाखण्डी; छलयुक्त, कपटपूर्ण; २. n. दम्भ, कपट, प्रतारणा, गोपन, छिपाव।

disseminate v.t. परिवपन करना, प्रकीर्ण करना, विकीर्ण करना, बिखेरना, छितराना, फैलाना, बोना; प्रचार करना, प्रसार करना।

dissemination n. परिवपन, विकीर्णन, बोना; प्रसरण, विप्रथन, प्रचार, प्रसार, फैलाव।

disseminative a. परिवपन; छितराया हुआ, बिखेरा हुआ।

disseminator n. वप्ता, विकीर्णक, बीज बोनेवाला; प्रचारक, प्रसारक, फैलानेवाले।

dissension n. भेद, मतभेद, वैमत्य, विरोध, विवाद, असहमति, अनबन, फूट, झगड़ा।

dissent[1] n. विमति, वैमत्य, विरोध, मतभेद, असहमति; वैमत्यका अभिव्यंजन, मतभेदका प्रकटीकरण; सुव्यवस्थित धार्मिक सिद्धान्तोंका विरोध; (सामूहिक) भिन्न-मतावलम्बी लोग।

dissent[2] v. i. अस्वीकार करना, अनंगीकार करना, न मानना, इनकार करना; वैमत्य रखना, भिन्नमत होना, मतभेद रखना, असहमति प्रकट करना; (विशेष धार्मिक सिद्धान्तमें) गिरजाघरसे मतभेद रखना।

dissentaneous a. असम्मत, असहमत, विभिन्न, विपरीत, उलटा।

dissenter n. भिन्नमतावलम्बी, भिन्नधर्मावलम्बी।

dissenterism n. मतवैभिन्यकी भावना या सिद्धान्त, मतभेद भाव।

dissentient a. & n. विमत, असम्मत, असहमत; भिन्न मत-प्रकाशक, बहुमत-विरोधी।

dissenting a. विमत, असहमत; ~ opinion विमति, विभिन्न मत।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

dissentious a. विवादात्मक, विभेदपूर्ण, झगड़ालू ।
dissepiment n. (प्राणिवि०) अनुप्रस्थिका, (वन०) अण्डाकार वस्तुके अलग-अलग भाग ।
dissepimental a. (प्राणिवि०) अनुप्रस्थिका-सम्बन्धी, (वन०) अलग-अलग भागवाला ।
dissert, dissertate v.t. स्पष्ट व्याख्या करना, विस्तृत विवेचना करना; विवरण देना; विचार-विमर्श करना ।
dissertation n. व्याख्या, विवेचन, निरूपण; तर्क, विचार; प्रबन्ध, अन्वेष-प्रबन्ध, निबन्ध, रचना ।
dissertational a. विवेचनात्मक; वार्तालाप-सम्बन्धी, प्रबन्ध-सम्बन्धी ।
dissertative a. वार्तालापी ।
dissertator n. तार्किक, विचारक; प्रबन्धकार, निबन्धकार, रचयिता ।
disserve v.t. क्षति करना, हानि पहुँचाना, अनिष्ट करना, अकाज करना, नुकसान पहुँचाना ।
disservice n. क्षति, हानि, कुकृत्य, असेवा, अपाय, अनिष्ट, अपकार, अनुपकार, अकाज ।
disserviceable a. अकार्यकर, क्षतिकारक, हानिजनक ।
dissever v.t. & i. वियुक्त करना, विच्छिन्न करना, पृथक् करना, विभाजित करना, अलग-अलग करना, टुकड़े-टुकड़े करना ।
disseverance n. वियोजन, अलगाव; दो हिस्सोंमें विभाजन ।
disseveration, -ment nn. = DISSEVERANCE.
dissidence n. वैमत्य, मतभेद, विरोध, वैमनस्य, अमेल, असहमति ।
dissident a. & n. भिन्नमतावलम्बी, भिन्नधर्मावलम्बी; बहुमतविरोधी, सरकारी मतविरोधी ।
dissight n. कुदृश्य ।
dissilient a. स्फोटक, विस्फोटी, प्रचण्डतासे विस्फुटित या विवृत्त होनेवाला ।
dissimilar a. विषम, असमरूप, असमान, असदृश, विजातीय, भिन्न ।
dissimilarity, dissimilitude nn. विषमता, वैषम्य, असाम्य, असमानता, असादृश्य, असदृशता, भेद, भिन्नता, विजातीयता ।
dissimilate v.t. (भाषावि०) ध्वनिभेद करना, विलोम वर्ण लाना, असवर्ण होना; विषम करना, असम करना ।
dissimilation n. ध्वनिभेद; असाम्य; विषमीकरण ।
dissimilative a. असाम्यपूर्ण, विलोम, विषम ।
dissimile n. विलोम उपमा ।
dissimilitude n. = DISSIMILARITY.
dissimulate v.t. & i. (विचार) गुप्त रखना, प्रकट न करना, छिपाना, दुराव करना, स्वाँग भरना, पाखण्डी बनना, कपट वेश धारण करना, दम्भी बनना, भान करना, ढोंग रचना ।
dissimulation n. कपटाचरण, छद्म, पाखण्ड, स्वाँग, छल, दुराव, छिपाव, ढोंग ।
dissimulator n. कपटाचारी, पाखण्डी, स्वाँगी, छली, ढोंगी, दम्भी, मक्कार ।
dissipate v.t. & i. विकीर्ण करना, बिखेरना, छितराना; छिन्न-भिन्न करना; लुप्त करना, गायब करना या होना; क्षय करना या होना, मिटा देना, मिट जाना; अपाकिरण करना, धनक्षेपण करना, अपव्यय करना, धन उड़ाना; शक्ति क्षय करना, बल नष्ट करना; व्यसनासक्त रहना, दुराचरण-रत रहना ।
dissipated a. (क्रियागत अर्थोंमें); विप्रथित, छिन्न-भिन्न, अपाकीर्ण, निर्धूत, निवारित, बिखेरा हुआ, छितराया हुआ; लुप्त, मिटा हुआ; अपव्यय किया हुआ; भ्रष्ट, नष्टचरित्र, दुर्वृत्त, दुराचारी, व्यसनासक्त; (विशे०) कण-कण, जर्रा-जर्रा ।
dissipater n. = DISSIPATOR.
dissipation n. विच्छिन्नता, व्यवच्छेदन, विकिरण, छिन्न-भिन्न करना; द्रव्योत्सर्ग, धनव्यय, अपव्यय, फिजूलखर्ची; व्यग्रचित्तता, अनेकाग्रचित्तता, ध्यानापकर्षण; लाम्पट्य, दुर्वृत्तता, व्यसनिता, भ्रष्टशीलता ।
dissipative a. निवारणात्मक, छिन्न-भिन्न करनेवाला; कण-कण करनेवाला; अपव्यय करनेवाला; शक्ति क्षय करनेवाला; व्यसनी, दुराचारी ।
epizoon n. (pl. *epizoa*) उपरिजीवी, पराश्रयी।

epizootic a. & n. पशुव्यापक, प्राणिव्यापक (रोग)।

epoch n. युगारम्भ (*this made an ~*); तिथि; इतिहास या जीवनका घटनापूर्ण युग, काल, अवधि।

epochal a. युगारम्भ-सम्बन्धी; युगीन।

epode n. छन्दविशेष, गीतिकाव्यका रूप (जिसे होरेसने चलाया); उपगीत, गीतका अन्तिम भाग।

epodic a. छन्दविशेष सम्बन्धी, (होरेसके) गीतिकाव्यके रूपसे सम्बन्धित।

eponym n. किसी जाति, स्थान या संस्थाको स्वनामसे सुशोभित करनेवाला व्यक्ति; उपनाम।

epopee n. प्रबन्धकाव्य, महाकाव्य या कविता; काव्यप्रबन्ध।

epos n. प्राचीन अलिखित वीर-कविता, वीर रस प्रधान काव्य; महाकाव्य।

eprouvette n. उत्स्फोट-परीक्षण-यन्त्र।

epsilon n. 'ए' ग्रीक भाषाकी वर्णमालाका पाँचवाँ शब्द।

Epsom n. सरे (Surrey)का एक नगर; *~ Salt* विरेचक, रेचक नमक, अधिकटु लवण; एप्समकी घुड़दौड़ सभा।

epsomite n. भ्राशिज, एक प्रकारका लवण।

epulary a. भोज-सम्बन्धी।

epuration n. (राज०) निर्मलीकरण, स्वच्छ या शुद्ध करनेकी क्रिया, शोधन।

equability n. प्रशान्तता, समचित्तता, शान्त स्वभाव; एकरूपता, तुल्यता, समानता, बराबरी।

equable a. समभाव, शान्तस्वभाव, धीर, प्रशान्त; सम, अचल, एकरूप, एकसमान, समान, बराबर।

equableness n. = EQUABILITY.

equal[1]* १. n. समकक्ष व्यक्ति, समपदस्थ, समान श्रेणी या स्थितिका व्यक्ति (*mix with your ~s*); समान शक्तिवाला (*he had no ~*); (pl.) समान वस्तुएँ (*if ~s be added to ~s*); २. a. सम, तुल्य, समान*, समकक्ष, एक-सा, बराबर* (*the two are ~ in ability*); समरूप, समान योग्यता या शक्तिका, उपयुक्त, समसाहसी; एकरूप, सामान्य (*~ laws*); सन्तुलित, बराबरीका; समस्वभाव।

equal[2] v.t. समकक्ष होना, समान बनाना, बराबर करना, बराबरी करना, एकसा करना या होना।

equalitarian a. & n. समानवादी, साम्यवादी; सभी व्यक्तियोंके समान होनेके सिद्धान्तवाला।

equalitarianism n. साम्यवाद, समानवाद।

equality n. साम्य, तुल्यता, समता, समानता, समकक्षता, बराबरी (जैसे, *is on an ~ with* वह उसकी बराबरी करता है, उसके समान है)।

equalization n. समायोजन, समानीकरण, समीकरण, समकरण; समताप्राप्ति, तुल्यता, बराबरी; *~ account* समकारी लेखा।

equalize १. v.t. समीकरण करना, सम करना या होना, बराबर करना या होना; एक-दूसरेके समान रखना; २. v.i. बराबर-बराबर होना, (खेलमें) विरोधीदलके बराबर गोल करना।

equalizer n. समकार, समान करनेवाला।

equalizing a. समकर, समकारी (*~ error, fund*)।

equanimity n. सन्तुलन, समभाव, समानवृत्ति, चित्तकी समवृत्ति; शान्ति, धृति, धीरता, शान्तचित्तता; आत्मसमर्पण, उत्सर्ग।

equanimous a. स्थिरधी, समचित्त, प्रशान्तचित्त, समभाव, स्थिर चित्तवृत्तिवाला।

equate v.t. समीकरण करना, समीकृत करना, तुल्यता दिखाना, एकरूप या समानरूप मानना, बराबरी प्रकट करना।

equated a. समानित, समीकृत (*~ payment*)।

equation n. समीकरण, समीकार; संतुलन, भूलके सुधार या प्रतिफलके लिए प्रक्रिया या राशि, मोजरा; विषुवसमीकरण; निचले तथा स्पष्ट स्थानोंके बीचका अन्तर; समीकार या बराबरी दिखानेके लिए इस चिह्न (=)से सम्बन्धित समीकरणका सूत्र; *personal ~* वैयक्तिक समीकार, वैयक्तिक मन्दताका फल (ला० भी)।

equational a. समीकरण-सम्बन्धी; *~ division* समभाजन; *~ theory* समीकारवाद।

equator n. विषुवद्वृत्त, विषुवन्मण्डल, निरक्षवृत्त, विषुवद्रेखा, भूमध्यरेखा, भूकक्षा।

equatorial a. विषुवदीय, निरक्ष-सम्बन्धी; निरक्षीय,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

भूमध्यरेखा-सम्बन्धी, भूमध्यरेखाके समीप; ~ plane मध्यतल।

equerry n. अश्वपाल, घोड़सालका दारोगा; इंग्लैण्डके राजप्रासादका कर्मचारी।

equestrian १. n. अश्वारूढ़, अश्वारोही, अश्वारोहण-कौशल-प्रदर्शक, घुड़सवार, चाबुकसवार, घोड़ेकी सवारीका प्रदर्शन करनेवाला; (प्रा० रोमके) सरदारोंकी व्यवस्था; २. a. अश्वीय, आश्विक, अश्वारोहण-सम्बन्धी।

equestrianism n. अश्वारोहण-कला, घोड़सवारी।

equestrienne n. अश्वारोहिका, अश्वारोहिणी; घुड़सवार महिला, सरकसकी स्त्रीघुड़सवार या अश्वारोहिणी।

equiangular a. समानकोणिक, समकोण, तुल्यकोणिक, समान कोणोंवाला।

equibalance n. समभार, समान भार।

equidifferent a. समवैभिन्न्ययुक्त, समान अन्तरका।

equidistant a. समदूरस्थ, समदूर, समानान्तर, समान दूरीपर स्थित।

equiformity n. समानता, समरूपता।

equilateral a. (रेखागणित) समभुजीय, समबाहु, समान भुजावाला; समपार्श्व; ~ triangle सम-त्रिभुज।

equilibrate v.t. & i. समभार करना या होना; सन्तुलित करना या होना; समतोलन करना या होना, बराबर करना या होना, धड़ा करना।

equilibration n. सन्तुलन, समतोलन, धड़ा।

equilibrator n. साम्य कल्पना; समावस्था करनेवाला, सम्प्रयोग, सन्तुलित रखनेवाला एक यन्त्र (वायुयानमें)।

equilibrist n. भानमती, रस्सेपर नाचनेवाला नट।

equilibrity n. समतोलन, सन्तुलितत्व।

equilibrium n. सन्तुलन, सन्तुलित अवस्था, साम्य, साम्यावस्था (ला० एवं ज्ञा०), समतोल, समता, तुल्य-भारता; तटस्थता; ~ point साम्य-बिन्दु, समतोल-बिन्दु; ~ price साम्य-मूल्य; *a body in stable* ~ शरीर जो व्याकुलता या गतिके बाद पुनः सन्तुलन प्राप्त कर ले।

equimultiple n. समापवर्त्य, तुल्यापवर्त्य, समगुणज।

equine a. अश्वीय, अश्व-सदृश, अश्व-सम्बन्धी, घोड़ेका।

equinoctial n. & a. विषुवीय, विषुव-सम्बन्धी; विषुव सम्पात; विषुव समयके निकट (जैसे, ~ *gales*); विषुव-वृत्तपर या के निकटकी आँधियाँ।

equinox n. विषुव; (pl.) दो स्थल-बिन्दु जहाँपर सूर्य विषुवत् रेखाको पार करता है; autumnal ~ शारदीय विषुव अर्थात् २२ या २३ सितम्बर; vernal ~ वासन्तिक विषुव अर्थात् २० मार्च।

equip v.t. उपकरण जुटाना, आवश्यक वस्तुएँ जुटाना, सजाना, सँवारना; सन्नद्ध करना, सुसज्जित करना, तैयार करना, सामान तैयार करना, ठीक-ठाक करना।

equipage n. उपकरण, साधन, (कामकाजके लिए) सामग्री (*camp* ~), सम्भार, सामान यात्रा (आदिके लिए) बोरिया-बिस्तरा; अनुचरोंके सहित गाड़ी, घोड़े और सवारी आदि।

equipedal a. समपदीय, समान पदयुगलवाला।

equipment n. उपस्कार, उपस्करण, सज्जा, सम्भार, सामग्री, साज, सामान;
~ box, ~ regulations, ~ room, ~ section, ~ table.

equipoise १. n. सन्तुलन (प्रायः ला०), समभार, साम्य, साम्यावस्था; समतोलन, सन्तुलनकारी वस्तु, धड़ा; २. v.t. सन्तुलन करना, तुल्यभार करना, धड़ा बाँधना; किंकर्त्तव्य विमूढ़ होना, असमंजसमें पड़ना।

equipollence, -cy nn. समानता, समान शक्ति, तुल्यता, समान बल।

equipollent १. n. तुल्य वस्तु; समान, एकसा; २. a. समसामर्थ्य, तुल्यशक्ति, तुल्यबल, समान शक्तिका, समान बलवाला; तुल्य मूल्यका।

equiponderant १. n. समभार, समतोल, एक सी तौल; २. a. तुल्य परिमाणका।

equiponderate v.t. समभार करना, तुल्यपरिमाण करना, सम करना, एक-सा करना, धड़ा बाँधना; इधरकी कसर उधर निकाल देना।

equipotential a. समशक्य, समबलशाली।

equipped a. सज्जित, सुसज्ज।

equiradical a. (गणित) सममूल।

equisetaceous a. (वन०) अश्ववार-कुलीय, घोड़-दुमी पौधे जैसा।

equisetic a. (वन०) अश्ववारसे सम्बन्धित, घोड़दुमी पौधेका।

Equisetum n. अश्ववार, घोड़दुमी पौधा।

equitable a. समन्याय्य, न्यायोचित, न्यायानुसारी, न्यायसंगत, पक्षपातशून्य, न्याय्य, उचित, ठीक; कानूनके विरुद्ध किन्तु न्यायोचित (दावे); साम्यिक, साम्यमूलक, सुनीतियुक्त।

equitableness n. औचित्य, न्याय्यता, न्यायसंगतता; साम्यमूलकता।

equitant a. अश्वारोही, घुड़सवार; पैरोंको फैलाकर बैठनेवाला; अतिच्छादी, ऊपर छानेवाला।

equitation n. अश्वारोहण-कौशल, चाबुकसवारी, घुड़सवारी; अश्वारोहीका पद।

Equites n. pl. (प्रा० रोमके) सरदार, सामन्त।

equity n. न्यायसंगति, न्याय्यता, औचित्य; न्यायनीति, कानूनको ठीक करने या उसकी पूर्तिके हेतु न्यायके सिद्धान्तोंका अवलम्बन; न्याय-साम्य, साम्या, सुनीति, न्यायकी प्रणाली; (E~) अभिनेताओंका श्रमिक संघ; (pl.) ऐसी पूँजी और हिस्से जिनसे कोई नियत ब्याज प्राप्त न हो।

equivalence, -cy nn. तुल्यता, तुल्यरूपता, समानता, बराबरी; समार्हता, समानार्थकता, समफलत्व, सममूल्य।

equivalent n. तुल्य राशि, तुल्य द्रव्य, तुल्यमूल्य वस्तु, समानवस्तु, पर्याय, तुल्यार्थ शब्द; २. a. समान, सम-मूल्य, तुल्य, बराबर; तुल्यार्थक; तुल्यमान (रसा०); तुल्यांग, समानार्थी, समानार्थक, पर्याय; समफल।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

equivalve n. समपुट, समकपाटीय ।
equivocal a. अस्पष्ट, दुविधापूर्ण, द्वयर्थक, गोलमोल; अनिश्चित प्रकृतिका, डावाँडोल; अनिश्चित, अस्थिर; सन्दिग्ध, सन्देहपूर्ण, सन्देहात्मक, प्रश्नास्पद, चिन्त्य ।
equivocality, equivocalness nn. अस्पष्टता, दुविधापूर्णता, अर्थसन्देह, द्वयर्थकता; अनिश्चित अवस्था; अनिश्चितता, अस्थिरता, सन्देहात्मकता ।
equivocate v. i. वाक्छल करना, अस्पष्टार्थ बोलना, टाल जाना, घुमाकर बोलना, गोल बात कहना, गोलमोल जवाब देना ।
equivocation n. वाक्छल, वक्रोक्ति, शब्दच्छल, श्लेष, अस्पष्टार्थ बोल, द्वयर्थक बोली, शाब्दिक हेरफेर, गोल बात, टालमटोल ।
equivocator n. वाक्छली, शब्दच्छली, द्वयर्थक या गोल बात करनेवाला, शाब्दिक दाँव-पेंच करनेवाला; टालमटोली ।
equivocatory a. वाक्छलवाला, वक्रोक्तिपूर्ण ।
equivoke n. कूटोक्ति, वक्रोक्ति ।
equivoque n. वक्रोक्ति, कूटोक्ति, श्लेष, शब्दश्लेष, सन्दिग्ध वचन; अस्पष्टता, द्वयर्थकता ।
era n. संवत्, कालक्रम, सन् (*christian ~*); युग, कल्प, विशिष्टकाल, ऐतिहासिक युग; युगका आरम्भ; अनुयुग; संकाल ।
eradiate v. i. विकिरण होना, किरणकी तरह फूटना, चमक उठना ।
eradiation n. विकिरण, किरणोंका उत्सर्जन, किरणोंका फूटना ।
eradicable a. उच्छेद्य, उत्पाटनीय, उन्मूलनीय, विध्वंसनीय, निर्मूल करने योग्य ।
eradicant a. उन्मूलक, उच्छेदक, उत्पाटक ।
eradicate v.t. उत्पाटित करना, मूलोच्छेदन करना, जड़से उखाड़ना; विनष्ट करना, उन्मूलित करना, निर्मूल करना, विध्वंस करना, नाश करना, निकाल फेंकना, हटा देना, उजाड़ना ।
eradication n. उन्मूलन, मूलोच्छेदन, उत्पाटन, विध्वंस, मटियामेट; सफाई, खर-पतवार दूर करना ।
eradicative a. उन्मूलनात्मक, उच्छेदनात्मक ।
eradicator n. उच्छेदी, उन्मूलयिता, उन्मूलन करनेवाला ।
erasable a. मार्जनीय, उद्घर्षणीय, मिटा देने योग्य, खुरचने योग्य, साफ होने लायक ।
erase v.t. मिटा देना, रगड़कर मिटा देना, खुरचना, छीलना; उच्छेद करना, उद्घर्षित करना, लोप करना ।
erased a. उद्घर्षित, मार्जित, मिटा हुआ, खुरचा हुआ ।
eraser n. उद्घर्षक, मार्जक, मिटा देनेवाला (यन्त्र), रबड़, खुरचनी ।
erasion n. उद्घर्षण, मिटानेकी क्रिया ।
Erastian a. & n. इरैस्टसके सिद्धान्तोंका अनुयायी; राज्यधर्मवादी ।
erasure n. उद्घर्षण, मार्जन, विलोप; उच्छेद, विनाश, मिटाना; छिलावट, मिटानेका चिह्न ।
Erato n. (पौराणिक) संगीत-काव्यका देवता ।
erbium n. रत्तला, एक दुर्लभ स्वीडनी धातु ।
ere prep. & conj. प्राक्, पूर्व, अपेक्षाकृत पूर्व, पहिले, इससे पूर्व कि; *~long* बहुत पहलेसे; ज्योंही, जल्दी; *~while* (प्रा०) पूर्वकालमें, आगे, पहिले ।
erect १. v.t. उच्छ्रित करना, ऊँचा करना, सीधा करना, खड़ा करना, उठाना; निर्माण करना (शा० एवं ला०), बनाना; संगठित करना, वर्ग बनाना, व्यवस्थित करना; क्रममें बाँधना; २. a. उच्छ्रित, ऊर्ध्व, उत्तान, सीधा, खड़ा (ला० तथा शा०); खड़े बलका; ऊर्ध्वरोही, उद्ग्रीव, रोमांचित ।
erectable a. = ERECTILE.
erectile a. औत्तान्य, खड़ा किया जाने योग्य, सीधा; निर्माणसाध्य, क्रमसाध्य; *~ tissue* औत्तान्य जाल ।
erection n. उच्छ्रयण, निर्माण, उठान, खड़ा करना, सीधा करना; उत्थापन, संस्थापन, प्रतिष्ठापन, रचना, इमारत (शा० एवं ला०) ।
erective a. उच्छ्रयणात्मक, प्रतिष्ठापकीय ।
erectness n. खड़ापन; उत्तानता, सीधापन ।
erector n. उत्तानक, निर्माता, बनानेवाला, खड़ा करनेवाला; उठानेवाला (व्यक्ति या वस्तु) ।
eremite n. एकान्तवासी, विरक्त, सन्त, संन्यासी, साधु, वैरागी, यती, योगी ।
eremitic a. विरक्त, विरागी, एकान्तवासी, संन्यासी ।
eremitism n. विरक्ति, विराग, वैराग्य, संन्यास, संन्यासभाव ।
erethism n. (चिकित्सा) असामान्य उत्तेजना, (किसी अंगमें) अतिक्षुब्धता, बेचैनी ।
erethismic a. असामान्योत्तेजना-सम्बन्धी; अतिक्षुब्धतापूर्ण ।
erg, ergon n. श्रम, श्रमाणु, कर्माणु, अर्गन, अर्ग ।
ergatocracy n. श्रमिकराज्य, मजदूर शासन, मजदूर राज्य, मजदूरोंका राज्य, मजदूरशाही ।
ergo adv. अतः, इसलिए, अतएव, इस कारण ।
ergophobia n. श्रमोन्माद, कर्मके प्रति विकृत अरुचि, कार्यभय, अचिकीर्षा ।
ergosterol n. गदाक-सान्द्रव, धान्य-सुरा ।
ergot n. गदाक-रोग, धान्यरोग, शस्याधि, राईका रोग, अरगोट, गेहूँ आदिका एक रोग, ठोंठी; गदाकरस ।
ergotic a. अरगट रोगी, गदाक-ग्रस्त, शस्याधि-युक्त ।
ergotine n. (रसा०) गदाकि, धान्यासव ।
ergotism n. गदाक-दोष, धान्य-रोग, शस्याधि; राईका रोग; राईके आटेकी रोटीसे उत्पन्न रोग ।
erica n. क्षेप्यज, एरिका, झाड़ीदार वर्गके पौधे ।
ericaceous a. क्षेप्यजकुलीय, एरिका नामक पौधेसे सम्बन्धित ।
erigeron n. मक्षिकाविष, एक सफेद पौधा ।
erinaceous a. जाहककुलीय, झाऊ चूहेका ।
erineum n. (पत्तोंपरकी) काष्ठवृद्धि, काष्ठ्यता ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

eringo n. = ERYNGO.
Erinnys n. (pl. *-yes*) प्रतिशोधकी देवी, कोपदेवी।
eriometer n. सूक्ष्मव्यास-मान (यन्त्र), ऊर्णव्यासमान।
eristic १. n. वाद-विवाद या तर्क-वितर्ककी कला; २. a. तार्किक।
ermelin a. दे० ERMINE.
ermine n. हिमद्युति; श्वेत रोम; रोयेंदार चौपाया।
ermined a. रोमयुक्त, रोयेंदार, बालसे युक्त, रोम-सम्बन्धी।
erne n. सुवर्ण गरुड़; समुद्री गरुड़।
erode v.t. अपक्षार करना, नष्ट करना, धीरे-धीरे क्षय करना, काट देना, साफ कर देना, चाट जाना, खा जाना।
eroded a. अपक्षारित, अपक्षरित, खाया हुआ।
erodent १. n. अपक्षार, निक्षारी पदार्थ; २. a. अपक्षारी, क्षयकारक, खानेवाला।
erogenic a. कामोत्तेजक, कामोद्दीपक।
erosion n. अपक्षारण, निक्षारण, अपक्षरण, क्षय, क्षयकरण, अपरदन, काट, कटाव।
erosive a. अपक्षारी, क्षयकारक, विनाशक, खा जानेवाला (जंग आदि), काटनेवाला।
erotetic a. प्रश्नार्थक, प्रश्नसूचक; प्रश्न-सम्बन्धी।
erotic १. n. शृंगारकाव्य, प्रेमकाव्य; २. a. प्रेमात्मक, शृंगारात्मक, शृंगारिक, कामुक, कामोद्दीपक, रत्यात्मक, वासनापूर्ण, प्यारका।
eroticism n. कामवासना, कामोत्तेजना, रति, रत्यात्मकता, शृंगारिकता।
erotogenic a. कामोत्पादक, काम्मोत्तेजक, शृंगारी।
erotomania n. प्रेमोन्मत्तता; कामोन्माद, प्रेमजन्य विषाद, म्लानता, उदासी, इश्कका दीवानापन।
erotomaniac n. अनियन्त्रणीय कामोन्मादसे ग्रस्त, कामज्वरार्त।
err v. i. भूल करना, गलती करना; विभ्रम होना, अशुद्धि होना, भूल होना, गलती होना; अपराध करना, पाप करना; *to ~ is human to forgive divine* क्षमा बड़ेनको चाहिये छोटेनको उत्पात।
errable a. विभ्रमणशील; अपराधक्षम।
errancy n. विभ्रमणशीलता, घुमक्कड़पन, विपथगमन, पथभ्रष्टता।
errand n. अल्पकालिक यात्रा; संवाद, सन्देश, आदेश; दौत्य, मारार्पित कार्य; प्रयोजन, यात्राका उद्देश्य, मिशन; a fool's ~ निरर्थक कार्य; sleeveless ~ निरर्थक यात्रा।
errant १. n. साहसार्थी शूरवीर, घुमक्कड़ योद्धा या सैनिक; २. a. पर्यटनशील, भ्रमणशील, साहसी घुमक्कड़, घूमनेवाला; आप्लावी, विपथगामी, पथभ्रष्ट, स्थानच्युत, भूला-भटका, गुमराह।
errantry n. आचरण, व्यवहार, विचारादि; शूरोचित कार्यकी खोज; भ्रमण, पर्यटनशीलता।
errata n. pl. अशुद्धि-पत्र, शुद्धिपत्र।
erratic a. अव्यवस्थित, अनिश्चित, चंचल, अपोढ, डाँवाडोल; अस्थिर, विचल (रोग); (आचरण, व्यवहार, स्वभाव तथा विचार आदिमें) अव्यवस्थित, अस्थिर, अनियमित, क्रमहीन; आवारा; *~ blocks* आगामुक खण्ड।
erratum n. (pl. *-ta*) अशुद्धि, लिखने या मुद्रणकी भूल, भूलचूक, गलती; (pl.) अशुद्धि-सूची, अशुद्धि-पत्र।
erring a. भ्रान्त, पथभ्रष्ट, प्रमादी।
erroneous a. विभ्रान्त, सविभ्रम, भ्रमात्मक, भ्रमपूर्ण, भ्रान्तिमूलक, त्रुटिपूर्ण, मिथ्या, असत्य, अशुद्ध, भूलयुक्त, गलत (*~ action*)।
erroneousness n. भ्रान्तिपूर्णता, भ्रमात्मकता, अशुद्धि, भूल, गलती।
error* n. विभ्रम, भ्रान्ति, अशुद्धि, भ्रम, त्रुटि; भूल*, भूलचूक, गलती; विचारगत भूल; भ्रान्तिपूर्ण विचार, गलत विचार; अतिक्रमण, अत्याचार, दोष, पाप; clerical ~ लेखकीय भूल; ~ of a planet ग्रहविशेषकी प्रेक्षित तथा गणित स्थितियोंका अन्तर; ~s and omissions भूलचूक; *~s like straws upon the surface flow, one who is in search of truth must dive below* जिन खोजा तिन पाइयाँ गहिरे पानी पैठ, तिन बपुरा क्या पाइयाँ रहा किनारे बैठ; *in ~* भ्रान्तिसे, भूलसे, गलतीसे; *writ of ~* भ्रान्तिका समादेश, भ्रान्तिपूर्ण निर्णयमें संशोधन चाहना।
errorist n. त्रुटिवादी, जो स्वयं त्रुटि करे या त्रुटिको प्रोत्साहन दे।
errorless n. भ्रान्तिहीन, भ्रमयुक्त, भूलरहित; निर्दोष।
ersatz n. & a. स्थानापन्न, प्रतिरूप, नकल, नकली।
Erse n. स्काटलैण्डकी पहाड़ी भाषा, एरस भाषा।
erst adv. (प्रा०) पूर्व, पूर्वकालमें, पहिले।
erubescence n. लज्जारुणिमा, रक्ताभा, लाली।
erubescent a. लोहित, रक्ताभ, रक्तिमाभ, लज्जारुण, लाल; प्रफुल्ल।
erubescite n. मयूरायस्क, एक प्रकारका खनिज।
eruciform a. पदातिजातक-रूप, झिनका नामक कीड़े जैसा।
eructate v.t. उद्गिरण करना, डकारना, मुखसे वायु बाहर निकलना।
eructation n. ऊर्ध्ववायु, उद्गार, डकार; (ला०) उद्गिरण, उद्गार-निःसारण; विस्फोट, ज्वालामुखीका फटना।
erudite a. ज्ञानी, सुशिक्षित, विद्वान्, पण्डित; विद्वत्तापूर्ण (कृतियाँ)।
eruditeness n. विद्वत्ता, पाण्डित्य, ज्ञान, विद्या।
erudition n. विद्वत्ता, पाण्डित्य, ज्ञान, विद्या।
erupt v. i. (मसूड़े को) काटकर निकल आना; उत्स्फोटन होना, स्फोट होना, ज्वालामुखीका फटना, फूटना।
eruption n. उत्स्फोटन, स्फोट, उद्गमन, निर्गम, निःसरण; विस्फोट, फोड़ा; स्फुटन, उद्भेदन, उद्गार।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

eruptional n. उत्स्फोटक, स्फोट-सम्बन्धी ।
eruptive a. उत्स्फोटिक, स्फोटनशील, फूट निकलने-वाला; उत्स्फोटनजन्य, उत्स्फोटन-सम्बन्धी, स्फोटप्रवण, उद्भेदी, तोड़ निकलनेवाला ।
eruptiveness n. उत्स्फोटनशीलता, उत्स्फोटकता ।
eruptivity n. विस्फोट; फफोले पड़नेकी अवस्था ।
Eryngo n. एक मिठाई ।
erysipelas n. अरुणचर्म, विसर्प, अग्निविसर्प, दद्रु, दाद, सुर्ख बादा ।
erythema n. अतिरक्तिमा, बहुत ज्यादा लाली ।
erythematic a. दे० ERYTHEMATOUS.
erythematous a. अतिरक्तिम, बहुत अधिक अरुणिम ।
erythrin n. रुधिरि ।
erythrism n. अतिरक्तिमा (बालों इत्यादिकी) ।
erythrite n. रुधिरित; रुधिरिज (एक प्रकारकी धातु) ।
escalade n. सीढ़ियोंके द्वारा प्राचीरोल्लंघन या दीवारों-पर चढ़ना, लाँघना ।
escalator n. चलसोपान, चलता-फिरता जीना ।
Escallonia n. दक्षिणी अमरीकाकी एक वनस्पति ।
escapade n. पलायन, बचाव, बन्धन या कैदसे भाग निकलना; सदाचारका उल्लंघन, आचरण एवं व्यवहारका उल्लंघन, भगोड़ापन, शरारत ।
escape १. n. पलायन, निस्तार, बचाव, छुटकारा, भाग निकलनेकी क्रिया, बच निकलनेकी अवस्था; मानसिक पलायन, यथार्थतासे मुक्ति; निष्क्रम, (गैसादिका) निकलना; उद्यानका बिना कटा-छँटा पौधा; २. v. i. पलायन करना, फरार होना, भागना; बाहर निकल आना; सुरक्षित बच निकलना, (दण्डसे) बच जाना; ३. v.t. साफ निकल जाना, साफ बच जाना; परिहार करना, बचना; (ध्यान या स्मृति आदिसे) उतर जाना, यादसे जाता रहना (*his name had ~d me*); अलक्षित रूपमें निकल जाना, अकस्मात् खिसक जाना; ~ clause पलायन-धारा, बचाव-खण्ड; ~ pipe, ~ valve पलायन-कपाट, भाप या पानीकी विमुक्तिके लिए नल या वाल्व ।
escapee n. पलायित, भगोड़ा, जो भाग गया हो ।
escapement n. निर्गममार्ग, प्रयाण-पथ, निकास; घड़ीके गति-क्रमका पुर्जा; पलायन, प्रयाण, बचाव ।
escaper n. पलायी, सुरक्षित बच निकलनेवाला, पलायन करनेवाला ।
escapism n. पलायनवाद ।
escapist n. & a. पलायनवादी ।
escarp १. n. खाईकी ढाल, दुर्गके प्राचीरके सम्मुख एवं नीचेका उतार, प्राकृतिक ढाल या उतार, ऊबड़-खाबड़ भूमि; २. v.t. ढाल बनाना, ढलुवाँ बनाना ।
escarpment n. प्रवणन, ढाल, समुत्प्रपात ।
eschalot n. कर्णशूल-पलाण्डु, एक तरहका प्याज जैसा पौधा ।
eschar n. पर्पटी, पपड़ी, खुरण्ड, झिल्ली ।
eschatological a. परलोकशास्त्रीय; प्रलयविज्ञानसे सम्बन्धित ।
eschatology n. प्रलय-विज्ञान, परलोकशास्त्र, मृत्यु-शास्त्र, स्वर्ग और नरकका सिद्धान्त ।
escheat १. n. प्रत्यापतन, सम्पत्तिका राजसात्करण; राजगामी सम्पत्ति, स्वामिहीन या लावारिस सम्पत्ति; २. v.t. & i. राजाधिकारमें करना या होना, राज्याधीन या राजगामी करना या होना, सरकारी होना, जब्त करना या होना; अधिकृत सम्पत्ति किसीको सौंपना, राजसात्करण या जब्ती के द्वारा अधिकारमें आना, हवाले करना ।
escheatage n. राजगत सम्पत्ति, राजगामी सम्पत्ति या राजसात्कृत सम्पदाका उत्तराधिकार ।
escheated a. राजगत, जब्त (~ *property*) ।
escheator n. राजगामी सम्पत्तिका अधीक्षक (अधि-कारी) ।
eschew v.t. परिहार करना, घृणा करना, त्यागना, बचना, जी चुराना, दूर रहना, छोड़ना, परहेज करना ।
eschewment n. परिहार, त्याग ।
eschscholtzia n. अहिकुसुम, केलिफोर्नियाका पॉपी, प्रायः वसन्ती पुष्पोंका एक पौधा ।
escort[1] n. रक्षापुरुष, सशस्त्र रक्षक-दल, अनुरक्षक दल; मार्गरक्षी, मार्गरक्षक; मार्गरक्षण, अनुरक्षण; पहरा ।
escort[2] v.t. रक्षार्थ साथ जाना, रक्षाके लिए साथ देना; ~ carrier अनुरक्षकोंके लिए वायुयान-संवाहक ।
escot v.t. अवलम्ब देना, वेतन देना ।
escribed a. बहिर्लिखित; बहिस्स्पर्शी, (वृत्त) ।
escritoire ⊙ n. लिखने-पढ़नेकी खानेदार या दराजदार मेज ।
escrow n. (कानून) निलम्बलेख, एक प्रकारका दस्तावेज ।
escuage n. सेवा-पुरस्कार (सेनामें) ।
escudo n पुर्तगाली सिक्का (चाँदीका) = १·८० रु० ।
esculent n. & a. भक्ष्य, खाद्य, खाने योग्य (पदार्थ) ।
escutcheon n. कुलचिह्नांकित ढाल; जहाजके पीछेका तन्नामांकित मध्यभाग; चाभी लगानेके छेदके ऊपरका कीलपर घूमनेवाला धातुका गोल टुकड़ा; *a blot on his* ~ अपयश एवं लांछन लगाना, यशपर कलंक, नामपर धब्बा ।
esemplastic a. योजक, एकीकरण करनेवाला ।
esker n. कूटिका, भीटा, ढेर (बालू आदिका) ।
Eskimo n. इस्कीमो, उत्तरी अमेरीकाका मूल निवासी या उनकी भाषा ।
esoenteritis n. अन्त्रशोथ, अँतड़ियोंके भीतरकी सूजन ।
esogastritis n. जठरशोथ, पेटके भीतरकी सूजन ।
esophagus n. निगल, भोजन प्रणाली, हलक ।
esoteric a. दीक्षित एवं संस्कारित व्यक्तियोंके लिए; दीक्षाप्राप्त (अनुयायी), दीक्षित; गूढ़, गुह्य, गुप्त, गोपनीय ।
esoterism n. रहस्यवाद, गुप्त बात ।
espalier n. लताकुंज, झँझरी या जाली जिसपर वृक्षों या झाड़ियोंकी बेल चढ़ायी जाती है; वृक्षजाल, वृक्ष जिस-पर बेल चढ़ायी जाये ।
especial a. सर्वोत्तम, सर्वप्रधान, अलौकिक, अपवादभूत,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

असामान्य, असाधारण (*thing of ~ importance*); विशिष्ट, विशेष, अपूर्व, खास, किसी विशेष स्थितिके योग्य या सम्बन्धित (*for your ~ benefit*)।

Esperantist n. विश्वभाषा-विज्ञ, इस्परण्टो-विशारद।

Esperanto n. कृत्रिम विश्वभाषा, इस्परण्टो।

espial n. गुप्तचरता, जासूसी; दृष्टि, ताड़, परिवीक्षण, भाँपना, ताकना; चारकर्म, गुप्तचरका काम।

espieglerie n. शठता, दुर्जनता।

espier n. भेदियेकी तरह निरीक्षण करनेवाला, गुप्त-परिवीक्षक।

espionage n. गुप्तचर-नियोग, चरव्यवस्था, चारकर्म, चारवृत्ति, चारप्रयोग, जासूसी, जासूसी वृत्ति; भेदन, भेदियापन।

esplanade n. समतल भूमि, भ्रमणार्थ खुला मैदान; दुर्ग और नगरके मध्य स्थित समतल भूमि; सड़क, पटरी।

espousal n. पाणिग्रहण, वाग्दान, विवाह, वाङ्निश्चय, मँगनी, सगाई; (ला०) अनुपालन, अवलम्बन, पक्षावलम्बन, समर्थन, वकालत।

espouse v.t. (पुरुषका) पाणिग्रहण करना, विवाह लाना, शादी करना; (स्त्रीका) विवाह करना, किसीके साथ ब्याहना, सगाई करना; पक्ष लेना, (किसी सिद्धान्त, मत, पन्थ या मामलेको) ग्रहण करना, समर्थन करना, पृष्ठपोषण करना, वकालत करना।

esprit n. बुद्धिमत्ता, विदग्धता, सजीवता, उल्लास।

espy v.t. दूरसे झलक देखना, ताड़ना; दोष निकालना, पता लगाना, भेद पाना, भाँपना, ताकना।

Esquimau n. (pl. *-x*) दे० ESKIMO.

esquire n. कंचुकवाह, सरदार; श्रीमान्, महोदय, महाशय, श्री, जी।

ess n. s वर्ण या रूप।

essay १. n. प्रयास, प्रयत्न, उद्योग, उपक्रम, कोशिश; परीक्षा, परख, जाँच; निबन्ध, साहित्यिक रचना या लेख; २. v.t. & i. परीक्षा करना, परीक्षण करना, परख करना, कसना, जाँचना; प्रयास करना, यत्न करना, हाथ डालना, कोशिश करना।

essayette n. छोटा निबन्ध।

essayist n. निबन्धकार, निबन्ध-लेखक।

essence n. (आध्यात्मिक) सत्त्व, सत्ता, अस्तित्व; निरपेक्ष सत्ता, सर्वस्वतन्त्र सत्ता; वास्तविकता; तत्त्व, मूलवस्तु; सहज प्रवृत्ति, नैसर्गिक प्रवृत्ति; अपरिहार्य लक्षण, अनिवार्य गुण, अत्यावश्यक गुण,भाव, निष्कर्ष; (शा० एवं ला०) सार, मूलतत्त्व, अर्क; परिमल, सुगन्ध, सौरभ, पुष्पसार, इत्र, वास, सुवास, महक, खुशबू।

essenced a. सुवासित, सुगन्धित, इत्रयुक्त।

Essene n. एक अति प्राचीन यहूदी-सम्प्रदाय।

Essenism n. यहूदी 'इसीन' सम्प्रदायके सिद्धान्त।

essential १. n. अनिवार्य या अपरिहार्य तत्त्व, तत्त्वांश, मूल; आवश्यकता; २. a. तात्त्विक, सारभूत (*~ elements*), मूलभूत, वास्तविक; प्रधान, महान्, आवश्यक (*~ commodities*),अत्यावश्यक, अपरिहार्य, अनिवार्य; ~ character अनिवार्य योग्यता; ~ harmony समस्वरता, आवश्यक स्वरसंगीत; ~ oil वाष्पशील तैल, सगन्ध तेल, विशिष्ट महकवाला तेल, इत्र; ~ proposition अनिवार्य प्रस्थापना।

essentiality n. विशिष्टता, सारगुण, सारत्व, तात्त्विकता; वास्तविकता; अनिवार्यता, आवश्यकता।

essoign, essoin nn. न्यायालय-अनुपस्थिति-क्षमा।

essonite n. दारुसिता मणि, रक्तमणि।

establish v.t. दृढ़ करना, स्थापना करना, अधिष्ठित करना, स्थायी आधारपर स्थापित करना, नींव डालना; नियुक्त करना, प्रतिष्ठित करना; व्यवस्थित करना, व्यवस्था देना; निश्चित या निर्विवाद करना, विधिपूर्वक राष्ट्रीय बनाना; व्यवस्था करना; प्रतिपादित करना, सिद्ध करना, ठहराना, जमाना, बिठाना।

established a. सुस्थित (*~ church*), स्थापित (*~ custom*), सर्वसम्मत (*~ fact*), रूढ़।

establishment n. संस्थापन, प्रतिष्ठापन, प्रतिपादन, सुस्थिति, स्थापन, स्थिरीकरण, स्थापना, संस्थापन; (निश्चित लक्ष्य या उद्देश्यसे स्थापित) संघटन जलसेना आदि, जनपदाधिकार; संस्थान, अधिष्ठान, कर्मचारिवृन्द, भृत्यवर्ग, नौकर-चाकर; कार्यालय, व्यापार-गृह, व्यवसाय-स्थान, कारखाना; सार्वजनिक-संस्था; कुटुम्ब, परिवार, गृहस्थी (*separate ~*); church ~ वैधानिक गिरजा, राजकीय गिरजा; peace, war ~ युद्ध या शान्तिकी स्थितिमें सेना-संगठनकी (वृद्धि या ह्रास); separate ~ किसी अवैधप्रेमीका पृथक् परिवार;

~ bill, ~ branch, ~ charges, ~ officer, ~ report, ~ return, ~ section.

establishmentarian a. राष्ट्रीय गिरजा या संस्थापित गिरजाके सिद्धान्तका माननेवाला या पक्षपाती व्यक्ति।

estafette n. सैनिक दूत, हरकारा।

estaminet n. साधारण आश-गृह (रेस्टोरेण्ट), कैफे जहाँ धूम्रपानकी आज्ञा हो।

estancia n. दक्षिणी अमरीकामें पशु-स्थान।

estate n. राज्यक, व्यवस्थापक-सभा, राजसंस्था, शासकवर्ग; भू-सम्पत्ति, सम्पदा, सम्पत्ति, जागीर, जायदाद, रियासत, इलाका; रिक्थ, एकीकृत ऋण और पूँजी, व्यक्तिगत सम्पत्ति; सम्पदा, वित्त, विभव, द्रव्य; (प्रा०) स्थिति, अवस्था, दशा, हालत (*the holy ~ of matrimony*); fourth ~ (हास्यमें) समाचारपत्र, प्रेस; personal ~ वैयक्तिक सम्पत्ति, चल सम्पत्ति, धन-सम्पत्ति; real ~ भू-सम्पत्ति, अचल सम्पत्ति; third ~ फ्रांसकी राज्यक्रान्तिके पूर्वका मध्यवित्तवर्ग;

~ business, ~ division, ~ duty, ~ farming, ~ improvement, ~ labour, ~ manager, ~ office, ~ section, ~ tail, ~ work.

estated a. भूसम्पन्न, सम्पत्तिवान्, भूमिवाला।

esteem १. n. अनुकूल मत, अच्छी राय; मान,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

सम्मान, श्रद्धा, आदर, पूजा, मान्यत्व, कद्र, इज्जत, लिहाज; २. v.t. सम्मान करना, बहुमान करना, आदर करना, गणना करना, विचार करना; श्रद्धा दिखाना, पूज्य या मान्य या बड़ा मानना।

esteemer n. आदर करनेवाला, श्रद्धालु।

ester n. प्रलवण, प्रांगारिक लवण, एस्टर।

esthesiometer n. = AESTHESIOMETER.

esthetic a. = AESTHETIC.

estiferous a. ऊष्णता उत्पन्न करनेवाला।

estimable a. पूजार्ह, माननीय, मान्यवर, पूज्य, मान्य, आदरणीय, श्रद्धेय।

estimableness n. मान्यता, श्रद्धेयता, आदरणीयता।

estimate १. n. अनुमान, अटकल, अन्दाजा; प्राक्कलन, आगणन, अर्धगणन, मूल्यनिरूपण, आँक, कूत, तखमीना; अनुमित परिमाण, लागतका अनुमानित अंकपत्र; विशेषता या गुणका विनिश्चय या निर्णय; प्राक्कलित राशि; २. v.t. आगणन करना, अनुमान लगाना, अन्दाजा लगाना; मूल्य निरूपण करना, आँकना, कूतना, तखमीना लगाना; अनुमानसे संख्या निश्चित करना; मत या विचार स्थापित करना या बना लेना; *the* ~ आगामी वर्षके राष्ट्रीय व्ययका आगणन जो प्रतिवर्ष संसद्में पेश होता है; आय-व्यय-प्राक्कलन, आय-व्यय-अनुमान, बजट-आगणन, बजटका तखमीना;

~ committee, ~ survey.

estimated a. प्राक्कलित, अनुमित, अनुमानित, आगणित (~ *cost*)।

estimation n. परिमापन; प्राक्कलन, आगणन, मूल्यांकन, अनुमान, अटकल, मत, राय, विचार (*in my* ~); आदर, सम्मान (*hold in* ~)।

estimative a. प्राक्कलन-सम्बन्धी, आनुमानिक, निरूपणविषयक।

estimator n. प्राक्कलयिता, प्राक्कलक, प्राक्कलनकर्त्ता, अनुमाता, आगणक, जाँचनेवाला।

estival a. ग्रीष्मऋतुसे सम्बन्धित।

estivate v. i. ग्रीष्मऋतु बिताना।

estivation n. = AESTIVATION.

estoile n. षड्विन्दु तारा।

estop v.t. प्रतिष्टम्भ करना, प्रतिबाधित करना, प्रतिरोध करना, विबद्ध करना, निषेध करना, बाधा डालना, रुकावट डालना, रोकना, अड़ाना।

estoppage n. विबन्धन, प्रतिष्टम्भ, प्रतिबाधा, रुकावट, रोक।

estoppel n. विबन्धन, प्रतिष्टम्भ, स्तम्भन, प्रतिरोध, अटकाव, रोक।

estovers n. pl. काष्ठाधिकार, निस्तार; रसद, प्रदाय; गुजारा।

estrade n. चत्वर, मंच, समभूमि, समस्थल, चबूतरा।

estrange v.t. स्नेहनिवृत्त करना, विच्छेद करना, परकीय करना, पृथक् करना, विरक्त करना, विरत या विमुख करना, चित्त हटाना, जी फेरना, दूर करना।

estrangement n. विरक्ति, स्नेहनिवृत्ति, अपराग, विराग; विरह, वियोग, विच्छेद, पृथक्भाव, दूरीभाव, अलगाव।

estray n. विभ्रान्त, भूला-भटका।

estreat १. n. प्रतिलिपि, नकल; २. v.t. (कानून) लेख्य या मिसिल निकलवाकर अभियोग चलानेकी इच्छासे इसे फिर न्यायालयमें दाखिल करना, नकल करना।

estrich, estridge nn. = OSTRICH या उसके पंख।

estuarine a. सागरसंगमीय, खाड़ीका।

estuary n. समुद्रवंक, सागर-संगम, वेला-संगम, पुटभेद, नदीमुख, मुहाना, खाड़ी।

esurience, -cy nn. बुभुक्षा, क्षुधा, भूख; दारिद्र्य, लालच।

esurient a. क्षुधित, बुभुक्षित, भूखा; दरिद्र, दीन और लालची, अभावग्रस्त और लोभी।

esurine a. बुभुक्षा-वर्द्धक, क्षुधा-वर्द्धक।

eta n. ग्रीक-लिपिका 'ए' अक्षर।

etacism n. ग्रीक 'एटा'की उच्चारण-रीति।

etcetera n. & phr. (pl. *-as*) अतिरिक्त या अनेकानेक व्यक्ति या वस्तुएँ; इत्यादि, आदि, वगैरह (*I remain yours* ~)।

etch १. v.t. अम्ल-लेखन करना, निक्षरण करना, धातु या ताँबेके पत्रपर खोदना और तेजाब छिड़ककर नकाशी करना या चित्रकी प्रतिच्छाया उतारना, निरेखण करना; २. v. i. निरेखणकलाका अभ्यास करना।

etcher n. निरेखाकार, अम्ल-लेखन करनेवाला, निक्षारक, नक्काशी करनेवाला।

etching n. आम्ल-लेखन, अम्लांकन, निरेखण, निक्षारण, खोदनेका कार्य; छापा, ठप्पा; ~ needle अम्ल-लेखन-सूचिका, निक्षारण-सूचिका।

etern, eternal aa. शाश्वत, नित्य, निरन्तर, अविरत, सतत, सनातन, अनन्त, अनादि, चिरन्तन, अमर, अपरिवर्तनीय, अक्षय (~ *life, punishment*); (बोल०) निरन्तर, अविराम, अविच्छिन्न; ~ City रोम; the E~ प्रभु, ईश्वर, परमात्मा; *the* ~ *triangle* दो पुरुष और एक स्त्री या दो स्त्रियाँ और एक पुरुष, प्रेमत्रिभुज।

eternalist n. अनन्तवादी, विश्वकी भूत या भावी इयत्ताकी अनन्तताका समर्थक।

etern(al)ize v.t. अनन्त या अमर बनाना।

eternity n. चिरन्तनता, नित्यता, अनन्तता, सनातनत्व; शाश्वत यश, अमर कीर्ति; (pl.) शाश्वत सत्य, अमिट सचाई; अनन्तकाल, हमेशा; मरणान्त जीवन, भविष्य-जीवन; आगमिष्यत् जीवन।

etesian a. सामयिक, उचित समयपर होनेवाला; ~ wind उत्तरपश्चिमी हवा।

ethane n. दक्षीण्य, एक प्रकारका हाइड्रोजन।

ether n. निरभ्र नभ, निर्मेघ व्योम; आकाश; बादलोंके पारका आकाश; तेजोवह तत्त्व, ईथर; विद्युत् चुम्बकीय लहरोंका गति-माध्यम; सार।

ethereal, -ial a. वायविक, वायव्य, हलका, हवाका-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

सा; स्वर्गीय, आकाशीय; अलौकिक रूपसे सुकुमार, द्रव्य, चरित्र या आकृतिकी स्वर्गीय मृदुता या तनिमासे युक्त; दाक्षव, ज्वलकीय, ईथरीय (~ *duct, solution*)।

etherealism n. वायविकता, व्योमीय होनेकी स्थिति; दाक्षव होनेकी दशा।

ethereality, etherealization nn. वायवीयता, हलकापन; स्वर्गीयता, आकाशीयता; स्वर्गीय मार्दव, अलौकिक सुकुमारता; वायवीकरण; अलौकिकीकरण; दक्षूकरण; सुकुमारीकरण।

etherealize v.t. वायवीय या हलका बनाना; स्वर्गीय बनाना; अलौकिक सुकुमारता प्रदान करना।

etheric a. आकाशतत्त्व-सम्बन्धी, ईथरीय।

etherification n. ईथरीकरण।

etheriform a. व्योमाकार, आकाशरूप, ईथर स्वरूप।

etherify v.t. ईथर बनाना।

etherism n. दक्षु-प्रभाव, ईथर देनेके बादकी अवस्था।

etherist n. दक्षुव्यसनी, ईथर लेनेवाला या दिलानेवाला।

etherization n. ईथरका प्रयोग, ईथरण।

etherize v.t. (रोगीपर) ईथरका प्रयोग करना।

etheromania n. दे० ETHERISM.

ethic १. n. (pl. एवं क्वचित् *sing.*) आचारशास्त्र, आचारनीति, शीलाचारिकी, नीतिविद्या, नीतिशास्त्र, नीतिविज्ञान; नैतिक नियम, नीतिग्रन्थ, आचार-नियम; २. a. नैतिक, नीति-सम्बन्धी, नीति-विषयक, सदाचार-सम्बन्धी।

ethical a. नैतिक, नीतिविषयक, आचारिक, नीतिशास्त्र-सम्बन्धी।

ethic dative a. नीतिजीवी।

ethicise v.t. नैतिक बनाना, सदाचारी बनाना; नैतिक समझना।

ethicism n. नीतिवाद, नैतिक प्रवृत्ति।

ethicist n. नीतिशास्त्री, नीतिशास्त्रज्ञ, आचारशास्त्री।

ethics n. शीलाचार; दे० ETHIC.

Ethiop, Ethiopian n. & a. ईथियोपिया या अबीसीनियाका निवासी, हब्शी।

Ethiopic a. दे० ETHIOPIAN.

ethmoid a. तैतव, चलनीके आकारका; ~ bone नासामूलीय अस्थि।

ethmoidal a. दे० ETHMOID.

ethnarch n. प्रान्तीय शासक, प्रान्तपाल।

ethnarchy n. उपराज्य, प्रान्तीय शासन।

ethnic, -ical aa. नृवंश-सम्बन्धी, जाति-सम्बन्धी, नस्ली; नास्तिक, मूर्त्तिपूजक, विधर्मी, साकारवादी, भिन्न-देशीय, अन्यदेशीय (व्यक्ति)।

ethnicalism n. नास्तिकता, मूर्त्तिपूजकता, अविश्वासीपन, विधर्मीपन।

ethnographer n. नृशास्त्र-लेखक, नृकुलविज्ञानी, मानव-जातियोंका ज्ञाता।

ethnographic, -al aa. मानव-जाति-विज्ञान-सम्बन्धी, नृशास्त्रीय, (~*principles*)।

ethnography n. नृकुलवर्णन, नृवंशचर्चा, जातिवृत्त, नृशास्त्र, मानवजातियों या नस्लोंका वैज्ञानिक विवरण।

ethnologic, -al aa. नृवंशविद्या-सम्बन्धी; ~ *frontier* जातिविभाजन-सम्बन्धी सीमान्त, जातिगत सीमा।

ethnologist n. नृवंशवेत्ता, नृवंशविद्या-निपुण।

ethnology n. नृकुलविज्ञान, जातिविद्या, मानव-वंश-विज्ञान, नृवंश-विद्या।

ethnopsychology n. नृवंशमनोविज्ञान।

ethologist n. चारित्रशास्त्री, स्वभावशास्त्री, मानव-प्रकृति-विज्ञानी।

ethology n. जैववासिकी, चरित्रशास्त्र, मानवाचार, जातिस्वभाव, मानव-प्रकृति-विज्ञान।

ethos n. विशिष्ट प्रकृति, (किसी समाज या जाति-व्यवस्थाकी) स्वाभाविक विशेषता।

ethyl n. दक्षुल, मद्यसारका आधार, ईथिल।

ethylene n. दक्षुलेन्य, मूर्च्छित करनेकी एक ज्वलनीय गैस।

etiolate v.t. (पौधेको) प्रकाशसे वंचित करके पीला कर देना; पाण्डुरूपका बना देना, रोगीकेसे रूप-रंगका बनाना, रोगी बना देना, बीमार सूरत बनाना।

etiolation n. निराभता, पाण्डुरीकरण, पाण्डुरण, पीलापन।

etiological a. हैतुकीय, निदान-विज्ञान-सम्बन्धी।

etiology n. हैतुकी, हेतुविज्ञान, निदान-विज्ञान, रोग-निदान।

etiquette n. सभ्याचार, शिष्टरीति, उपचार, विनयरीति, लोकाचार, समाजका शिष्टाचार; न्यायालयका शिष्टाचार, व्यावसायिक शिष्टाचार (*legal, medical* ~)।

etna n. छोटा चूल्हा (स्प्रिट जलानेका)।

Eton n. ~ collar चौड़ा कड़ा कोट-कॉलर; ~ crop स्त्रियोंके कटे हुए बाल (बच्चोंकी तरह): ~ jacket बच्चोंका छोटा कोट जो कमरतक आवे।

etui, etwee n. सुईदानी, (सुइयों या दँतखोदनीकी) छोटी डिबिया।

etymologer n. शब्दव्युत्पत्तिविद्, शब्द-प्रकृति-तत्त्वज्ञ, शब्दव्युत्पत्ति तत्त्वज्ञ।

etymologic, -al aa. व्युत्पत्तिविषयक, व्युत्पत्ति-शास्त्र-सम्बन्धी।

etymologicon n. व्युत्पत्ति-कोष।

etymologist n. शब्दव्युत्पत्ति-विद्, शब्द-प्रकृति-तत्त्वज्ञ, शब्दव्युत्पत्ति-तत्त्वज्ञ, निरुक्तकार।

etymologize १. v.t. व्युत्पत्ति सुझाना, किसी शब्द आदिकी व्युत्पत्ति देना, बताना, निरुक्ति निकालना; २. v. i. व्युत्पत्तिशास्त्रका अध्ययन करना।

etymology n. निरुक्ति, शब्दव्युत्पत्ति, शब्दसाधन; व्युत्पत्तिशास्त्र, शब्दव्युत्पत्तिशास्त्र, भाषा-विज्ञान, शब्द-विज्ञान; व्याकरणका शब्दव्युत्पत्ति प्रकरण; शब्दरूप एवं धातुरूप प्रकरण।

etymon n. प्रातिपदिक, धातु, मूलशब्द।

etypic a. (प्राणिवि०) रूपविरुद्ध, अननुरूप, असंगत।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: MoE-IKS

eucaine n. स्वचेतनी, यूकेन, एक क्षाराभ औषध ।
eucalyptus n. अनुकर्पूर, नीलगिरिवृक्ष, यूकलिप्टस; आस्ट्रेलियाई गोंदका पेड़ ।
Eucharist n. (ईसाई मतमें) लार्डका सायंकालीन तरल भोजन; अभिषिक्त रोटी इत्यादि ।
eucharistic a. (ईसाई मतमें) अभिषिक्त रोटी इत्यादिसे सम्बन्धित ।
euchlorine a. (रसा०) सु-नीरजी, यूक्लोरीन ।
euchology n. प्रार्थना-सूत्र-संहिता, प्रार्थना-संग्रह, पूजा-सूत्र ।
euchre १. n. ताशका एक अमेरिकी खेल; २. v.t. (विरोधीके द्वारा तीन चालें न लेनेपर उसे चालाकीसे) जीत लेना, हरा देना (ला०) ।
euclase n. भंगुराश्म, एक प्रकारका खनिज ।
Euclid n. यूक्लिडके ज्यामिति-सिद्धान्त ।
eudemonics n. सुखप्राप्ति, सुखसाधना, आनन्द-साधन ।
eudemonism n. सुखहेतुवाद, शान्ति, आनन्द ।
eudiometer n. वातिपरिमामान, वायु-शुद्धतामापक यन्त्र ।
eudiometrical a. वातिपरिमामितीय, मिश्रण-मापकीय ।
eudiometry n. वातिपरिमामिति, मिश्रण-मापन ।
eugenic १. n. (pl.) सौजनिकी, सुजनन-विद्या, सुसन्तति-विज्ञान, सुप्रजनन-शास्त्र; २. a. सुजननीय, सुन्दर सन्तानोत्पादन-सम्बन्धी, स्वस्थ एवं सुन्दर सन्तति उत्पन्न करनेका ।
eugenist n. सुजननशास्त्री, सुजननविद्याविद्, सुसन्तति-शास्त्रका अध्येता ।
euhemerise, -ze v.t. पौराणिक वृत्तोंको ऐतिहासिक सत्यता देना ।
euhemerism n. पुराण-विवेचन, पौराणिक वृत्तोंका ऐतिहासिक सिद्धान्त ।
euhemerist n. पौराणिक वृत्तोंकी ऐतिहासिक सत्यताका अध्येता ।
euhemeristic a. पौराणिक वृत्तोंकी ऐतिहासिक सत्यतासे सम्बन्धित ।
eulogic, eulogical aa. प्रशंसात्मक, स्तुतिपूर्ण ।
eulogist n. स्तुतिकर्ता, प्रशंसक, स्तुतिपाठक, भाट, चारण, वन्दी ।
eulogistic a. स्तुतिमय, प्रशंसात्मक, प्रशंसापूर्ण ।
eulogium n. गुणवर्णन, प्रशस्ति, प्रशंसात्मक वक्तृता ।
eulogize v.t. स्तुति करना, गुणगान करना, प्रशंसा करना, बढ़ाना-चढ़ाना ।
eulogy n. प्रशंसा, स्तुति, गुणगान, गुणकीर्तन, गुण-वर्णन (*pronounce a ~ on him*); श्लाघा, प्रशंसा, सराहना, बड़ाई ।
Eumenides n. pl. (प्रा०) देवियाँ, अप्सराओंका विशेष नाम ।
eumerism n. (प्राणिवि०) समभागोंका जोड़, सम-भागोंका वृद्धीकरण ।
eunomy n. सुतन्त्र, सुविधि, सुगठित संविधान ।
eunuch n. क्लीव, नपुंसक, मैथुनाक्षम, षण्ढ, कंचुकी, खोजा, हिंजड़ा, जनाना ।
eunuchism n. क्लीवता, नपुंसकता, हिंजड़ापन ।
eunuchize v.t. क्लीव बनाना, नपुंसक करना ।
eunuchoid a. क्लीवाभ, क्लीववत् ।
eunuchoidism n. क्लीवाभता, क्लीवता, क्लैब्य, हिंजड़ापन, नपुंसकता ।
euonym n. सुनाम, उचित नाम ।
euonymus n. कंकु, एक सदाबहार झाड़ी ।
eupatorium n. जलविजया, सन जैसा पौधा ।
eupepsia n. सुपचन, उत्तम पाचनशक्ति ।
eupepsy n. अच्छी पाचन-शक्ति ।
eupeptic a. सुपाचक, सुपचनीय, तीव्र पाचनशक्तियुक्त ।
euphemism n. मंगल भाषण, कर्कश पदके स्थानमें कोमल पदका प्रयोग, कोमल अभिव्यक्ति, कान्त पदावली, कड़ी बातको हलकी या मधुर बोलीमें कहनेका ढंग; ऐसा मधुर भाषण (जैसे, *'queer' is a ~ for 'mad'*) ।
euphemistic a. मंगलभाषणात्मक, मंगलभाषी, मधुर-भाषण-सम्बन्धी ।
euphemize v.t. & i. कर्कशको मधुर बनाना, मधुर बात करना, कड़ी बातको मधुरतासे कहना ।
euphonic, euphonious aa. सुखश्राव्य, सुश्राव्य, कर्णमधुर, घुमधुर, सुस्वर, श्रुतिमधुर, सुरीला ।
euphonism n. सुस्वरयोजन, सुस्वरता ।
euphonium n. saxhorn के प्रकारका एक बाजा ।
euphonize v.t. सुमधुर सुर उत्पन्न करना, मधुर उच्चारण करना, मीठे बोल बोलना ।
euphony n. सुशब्द, श्रुतिमधुर या सुमधुर शब्द, सुश्लिष्ट सुर, मधुरध्वनि, कर्णमधुरध्वनि, सुरीली आवाज; स्वरमाधुर्य, सुस्वरता, सुरीलापन, उच्चारणकी सुगमताके लिए ध्वनिपरिवर्तनकी प्रवृत्ति, मेल ।
euphorbium n. विषैले पौधोंसे प्राप्त गोंद ।
euphoria, euphory nn. शुभ कामना, कल्याणकी भावना ।
euphrasy n. अक्षिद्रुम, एक प्रकारका पौधा ।
euphuism n. शब्दबहुल भाषा, कृत्रिम तथा शब्दा-डम्बरपूर्ण रचनाशैली, अतिकठिन शब्दप्रयोग; शब्द-बाहुल्य, शब्दजाल, शब्दाडम्बर; अतिपरिष्कृत शैली ।
euphuist a. कृत्रिम शैलीकार ।
euphuistic a. कृत्रिम शैली-सम्बन्धी ।
euphuize v.t. शब्दबहुल बनाना, कृत्रिम तथा शब्दा-डम्बरपूर्ण शैलीमें लिखना या व्यक्त करना ।
euploid a. (प्राणिवि०) समगुणित, समगुण ।
eureka n. & int. किसी वस्तुकी उपलब्धि होनेपर हर्षोल्लासमें पुकार, चिल्लाहट (जैसे, "मैंने पा लिया !") ।
eurhythmic a. सामंजस्यपूर्ण, लययुक्त, सुन्दर, सुडौल ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

eurhythmics n. (pl.) शारीरिक चेष्टाओंकी संगति या एकरूपता, संगीतके साथ सिखाया जानेवाला चेष्टा-क्रम; तालांगगति, तालांगनृत्य; लयतालकला ।
eurhythmist n. तालांगशास्त्री ।
eurhythmy n. तालांगगति, तालांगनृत्य, तालस्वरकी अनुरूपता ।
European a. हरिवर्षीय, योरोपीय, यूरोपका ।
Europeanize v.t. हरिवर्षीय बनाना, योरोपीय करना ।
europium n. किंविरला, एक प्रकारकी खनिज ।
Eurus n. दक्षिण-पूर्वी वायु ।
Euskarian n. बास्क जाति या भाषा ।
eusol n. परमाणुनाशक, सुविलेय (व्रणमें प्रयुक्त) ।
eutectic a. सुद्रवण, (पदार्थ) तरल (~ *mixture*) ।
eutectoid a. सुद्रवणाभ, तरल ।
Euterpian a. गीति-काव्यके देवतासे सम्बन्धित ।
eutexia n. सुद्रवितत्व, सरलतया द्रवित होनेका गुण ।
euthanasia n. सुखमृत्यु, सहजमृत्यु, सुखदमृत्यु-की स्थिति लाना ।
evacuant a. निर्वात, शून्य; निष्क्रान्त, निष्क्रमणार्थी; विरेचक; शून्यकारी ।
evacuate v.t. निर्वात करना, शून्य करना, रिक्त करना, खाली करना; परित्याग करना, छोड़ देना; दूसरे स्थानको ले जाना, निकाल ले जाना, हटाना; विरेचन करना, मलोत्सर्ग करना, मलत्याग करना (ला०) ।
evacuation n. शून्यीकरण, शून्यन; परित्याग, रिक्त-करण, उत्सारण; निष्क्रमण, मलत्याग, मलोत्सर्ग, मल-शुद्धि ।
evacuative a. रिक्तकरणात्मक, शून्यनात्मक ।
evacuee n. निष्क्रान्त, निष्क्रमित, निष्क्रमणार्थी; शरणार्थी;
~ claim, ~ dues, ~ interest, ~ property.
evadable a. अपवंचनीय, परिहार्य, उपेक्षणीय, टाल-मटोल करने योग्य ।
evade v.t. टाल जाना, टालमटोल करना, भागना, खिसकना, बच निकलना; उपेक्षा करना; परिहार करना, (कानूनके उद्देश्यको) रद्द करना, हराना; वाक्छल करना, कपट करना, पी जाना; अपवंचित करना ।
evagation n. च्युति, परिभ्रमण, स्खलन, भटकाव ।
evaginate v.t. बहिर्वलन करना, उलटा-सुलटा करना ।
evagination n. बहिर्वलन, उलटा-सुलटा करना ।
evaluate v.t. मूल्यांकन करना, मूल्य निश्चित करना, मान निकालना, परिमाण निर्धारित करना, आँकना, कूतना, कीमत लगाना; संख्या द्वारा व्यक्त करना, संख्या द्वारा मूल्यनिर्धारण करना ।
evaluation n. अर्हापण, मूल्यांकन, मूल्यनिश्चयन, मूल्यनिर्धारण ।
evanesce v. i. अदृश्य हो जाना, ओझल हो जाना; लुप्त हो जाना, मिट जाना, हट जाना; अन्तर्धान होना ।
evanescence n. अशाश्वतता, क्षणभंगुरता, विलोप, नाश, लोप ।
evanescent a. क्षणस्थायी, क्षणिक, क्षणभंगुर, अस्थायी, अदृश्यमान, लोपनीय, लोपवान्; अत्यणु, अत्यल्प ।
evangel n. (प्रा०) सुसंवाद, सुसमाचार, खीष्टीय धर्म-ग्रन्थ, ईसाई धर्मोपदेश या धर्मकी पुस्तक, इंजील; मूल-तत्त्व, मत, सिद्धान्त ।
evangelic, -ical १. nn. ईसाई, ईसाईमत या इंजीलका अनुयायी; २. aa. सुसमाचार-सम्बन्धी, ईसाई-धर्म-सम्बन्धी, ईसाई मतकी धर्मपुस्तकका, इंजीली, इंजील-सम्बन्धी; प्रोटेस्टेण्ट मत-सम्बन्धी ।
evangelicalism n. सुधर्मवाद; मोक्षका श्रद्धावाद ।
evangelism n. सुसमाचार-प्रचार, ईसाई धर्मोपदेशका प्रचार, इंजीलवाद, इंजीलका प्रचार ।
evangelist n. सुसमाचार लेखक, सुसमाचार (इंजील) चतुष्टयके लेखकोंमेंसे एक; सुसमाचारोपदेशक, इंजील-प्रचारक, ईसाई धर्म-प्रचारक, ईसाई गृहस्थ ।
evangelistary n. ईसाके उपदेशोंसे चुने हुए संग्रह ।
evangelistic a. चार सुसमाचार-लेखकोंका; सुसमा-चार (इंजील)-प्रचारक सम्बन्धी ।
evangelization n. सुसमाचार-प्रचार, ईसाई धर्म-प्रचार; ईसाई बनाना ।
evangelize v.t. सुसमाचार (इंजील) का प्रचार करना; ईसाई धर्मकी ओर आकृष्ट करना, ईसाई बनाना ।
evanish v. i. अन्तर्धान होना, अदृश्य होना, विलीन या लुप्त होना; नष्ट होना, मिट जाना ।
evanishment n. अन्तर्धान, अदर्शन, लुप्तता, विलोप, विलय, अन्त, नाश ।
evaporable a. वाष्पाकारधारण-क्षम, उद्वाष्पी, वाष्प-शील, उद्वाष्प्य, वाष्प-सम्बन्धी, भाप बनने योग्य ।
evaporate १. v.t. & i. द्रवपदार्थका भापमें परिवर्तित करना या होना, वाष्पीभूत करना या होना, वाष्प बन जाना, भापमें उड़ना, हवा हो जाना (ला० भी); (विशेष बोल०) अदृश्य होना, नष्ट हो जाना, मर जाना; द्रव या तरल भागका अंश निकाल देना, नमी निकालना, तरी निकालना ।
evaporating a. उद्वाष्पी (~ *apparatus*) ।
evaporation n. उद्वाष्पन, वाष्पीयन, वाष्पीकरण, सूखना, उड़ना; वाष्प, भाप ।
evaporative a. उद्वाष्पी, वाष्पशील, उद्वाष्प, वाष्प-सम्बन्धी, भाप बनने योग्य ।
evaporator n. उद्वाष्पक, वाष्पक, वाष्प बनानेवाला (व्यक्ति या यन्त्र) ।
evasion n. छल, कपट, परिहार, उपेक्षा या टाल-मटोलका कार्य या साधन; अपवंचन, बचाव, टाल-टूल, हीला-हवाला ।
evasive a. कुटिल, छली, सकपट, परिहारकारी, उपेक्षा-पूर्ण, अपवंचनात्मक, अपवंचक, टाल-मटोल करनेवाला; ~ reply वक्रोत्तर ।
evasiveness n. उपेक्षाभाव, अपवंचकत्व, टाल-मटोल ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

Eve[1] n. आद्या स्त्री, हौवा; daughter of ~ नारी, स्त्री।

eve[2] n. पूर्वदिवस, किसी पर्व या तिथिकी घटनाविशेषका पूर्ववर्ती संध्याकाल या दिन; किसी बातके पहलेका समय (*on the ~ of an election*); (प्रा०) सायंकाल, सन्ध्या, शाम।

evection n. (ज्योतिष०) चन्द्रक्षोभ, उभाड़, चन्द्रमाकी विषमता, उतारचढ़ाव।

even* १. n. (का०) सन्ध्या, शाम; २. v.t. समतल करना, बराबर करना; समान समझना, बराबरका समझना; ३. a. सम, समान, समतल, बराबर*; चिकना; एकरूप, समगुण, एकरस; समान्तर, चौरस, एक सीधमें; सम-सन्तुलित (*~-handed justice*); सम-राशि, सम-संख्या; प्रशमित, स्थिर, शान्त, सन्तुलित, ठिकानेका; (संख्या) युग्म, सम, दोकी संख्यासे विभाजनीय संख्या, जुफ्त (*~ series*); ४. adv. (तुलनात्मक) भी*, तक, यहाँतक कि (*I never ~ opened it*); (प्रा०) याथा-तथ्य, ठीक इतना ही, न इससे कम न ज्यादा; केवल, बिलकुल; *~ as* यथा, यथैव; *be ~ with* बदला लेना; ~ date उसी तारीख; ~-fall सायंकाल; ~-handed समदर्शी, निष्पक्ष; ~-minded समचित्त; ~ song सन्ध्या-वन्दना, इंग्लैण्डके राजधर्ममें सायंकालीन प्रार्थना; ~-tempered शान्त-स्वभाव; ~-tide सन्ध्याकाल, शाम; *~ if* यद्यपि; *~ now* अद्यापि, अब भी; *~ up* सन्तुलन करना; *~ up on* पुरस्कार देना, बदलेमें देना (व्यक्तिको) ⊙; *odd and ~* युग्म और अयुग्म, ऊनी और पूरी (संख्या); जूस-ताख, ताक और जुफ्त; *of ~ date* एक दिनका, उसी तारीखका।

evening n. प्रदोष, दिनांत, रजनीमुख, सन्ध्या, सन्ध्याकाल, सन्ध्यासमय, दिनावसान; किसी विशेष आयोजनकी सन्ध्या (*musical ~s*); (ला०) जीवन-सन्ध्या; अन्तिम-काल, अन्तिम-समय, अवसान-समय; ~ dress सायंकालीन वेष-भूषा; ~ star सायंतारा, शुक्रग्रह, मंगलग्रह या और कोई ग्रह; the ~ star शुक्रग्रह।

evenness n. समता, समतलता, तुल्यता, बराबरी; एकरूपता, एकरसता, सन्तुलन।

event* n. वृत्त, वृत्तान्त, घटना*, विशेष या महत्त्वपूर्ण घटना, घटित व्यापार; संयोग; (खेलमें) तथ्यविन्दु, कोई वाद-हेतु; अन्त, परिणाम, फल, नतीजा; *double ~* दो घटनाओं या वृत्तान्तोंका एक समयमें होना; दाँव एवं बाजी; *in any* or *either ~, at all ~s* प्रत्येक अवस्थामें, जो कुछ भी हो, हर हालतमें; *in the ~ of* यदि; (जैसे, *in the ~ of his death, his coming*)।

eventful a. घटनापूर्ण, विख्यात, बहुवृत्तविशिष्ट; संगत।

eventilate v.t. हवा करना।

eventless a. घटनाशून्य।

eventration n. (चिकित्सा) अन्त्र-निस्सारण।

eventual a. सम्भावित, सम्भाव्य, आनुषंगिक, अनुवर्ती, विशेष परिस्थितिमें होनेवाली (घटना); फलस्वरूप, अन्त्य, अन्तिम, आखिरी (परिणाम); कार्यसम्भृत।

eventuality n. सम्भाव्य घटना।

eventualize v. i. घटित होना।

eventually adv. अन्ततः, निदान, अन्तमें, आखिर-कार।

eventuate v. i. परिणाम होना, परिणत होना, समाप्त होना; अन्ततः घटित होना।

ever* adv. निरन्तर, सर्वदा, नित्य, सदा*, हमेशा; कदापि, किसी भी समय, कभी (*nothing ~ happens*); (*be as quick as ~ you can*); (बोल०) (*what ~ does he want?*); निरन्तर, लगातार *~ after* यतः, तबसे, जबसे; यतः प्रभृति, जबसे लेकर; *~ and anon* काले-काले, कभी-कभी; बारम्बार; *~ more* शाश्वत, सर्वदा, सदा, हमेशा; *~ since* यतः, जबसे, तबसे; यतःप्रभृति, जबसे लेकर; *~ so* थोड़ा-सा, किसी हदतक; बहुत दूरतक; यथार्थमें, वस्तुतः, सचमुच; *~ yours* शुभेच्छु, सदा आपका (पत्रके अन्तमें); *for ~* (*& a day*) निरन्तर, शाश्वत, सदाके लिए, हमेशाके लिए, बराबर, लगातार; *for ~ more* सदा, नित्य;

~-abiding, ~-active, ~-admiring, ~-bearing, ~ beloved, ~-blessed, ~-blooming, ~-celebrated, ~-changing, ~-constant, ~ durable, ~-echoing, ~-esteemed, ~ faithful, ~ fast, ~ friendly, ~-going, ~-growing, ~-honoured, ~-living, ~ loving, ~ new, ~ present, ~ ready, ~ smiling, ~ strong, ~ victorious, ~-wearing.

evergreen १. n. सदाहरित, नितहरा वृक्ष, बारहमासी पेड़, सदा हरे पत्तेवाली झाड़ी या वृक्ष; २. a. सदापर्णी, सततहरित, सदा हरा, सदाबहार, बारहमासी (शा० एवं ला०); जिसके पत्ते आदि सदा हरे रहें।

everlasting १. n. शाश्वतता, चिरन्तनता, नित्यता, अनन्तकालीन; मजबूत या चिमड़ा ऊनी कपड़ा; सदाबहार फूल; २. a. नित्यस्थायी, शाश्वत, चिरन्तन, नित्य, अनन्त, अक्षय, अविनाशी, अमर, अजर, दीर्घजीवी, सदा-जीवी, लम्बे समयतक रहनेवाला; चिरस्थायी, पायदार, बहुत ही अधिक समयतक चलनेवाला; शुष्क हो जानेपर भी रंग और आकार बनाये रखनेवाले (पौधे या फूल)।

everlastingly adv. सदा-सर्वदा, हमेशा-हमेशा, नित्यतः, शाश्वततः।

everlastingness n. शाश्वतता, अक्षयता, नित्यता, अमरता।

eversible a. उद्वर्त्य, उलटने योग्य।

eversion n. उद्वर्तन, बाहरको उलटनेका कार्य।

evert v.t. उद्वर्तन करना, बाहरकी ओरसे उलटना।

everted a. उद्वृत्त, बहिर्वृत्त, उलटा (*~ edge*)।

every* a. प्रति, प्रत्येक*, हर, हरएक*, कुल, सब, एक-एक (*~ word of it is false*); ~ body (else)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

प्रत्येक व्यक्ति, हर (दूसरा) व्यक्ति; ~-day सामान्य, साधारण, प्रतिदिन-घटित, अनुदिन, नित्यप्रतिका, दैनिक, रोज-रोजका; ~one प्रत्येक, हरेक (*~one of them is wrong*); ~ other, ~ third एक छोड़कर, दो छोड़कर, इत्यादि; ~thing विशिष्ट वस्तु, प्रत्येक वस्तु, प्रत्येक पदार्थ; ~ time (बोल०) यदा-यदा, हर समय, निःसंशय, निःसन्देह, बिना अपवादके; ~ way हर तरह, हर प्रकारसे; ~where यत्र-तत्र, सर्वत्र, हर कहीं, हर स्थानपर, हर जगह; *~ bit as much* बिलकुल उतना ही; *~ now and again, ~ now and then* बार-बार, समय-समयपर, हर समय, थोड़ी-थोड़ी देरके बाद, हरघड़ी, घड़ी-घड़ी।

everyman n. जनसामान्य, साधारण व्यक्ति, सामान्य व्यक्ति, मामूली आदमी, ऐरा-गैरा; *~ will be thy friend, while thou hast money wherewith to spend* साईं सब संसारमें मतलबका व्यवहार, जबतक पैसा गाँठमें तबतक ताके यार।

evict v.t. निस्सारित या अधिनिष्कासन करना, अधिकारच्युत करना, निकालना, बेदखल कर देना; बहिष्कार कर देना, बहिष्कृत करना, निस्सारित करना, कानूनसे हटाना, विधि द्वारा बेदखल करना।

eviction n. अधिनिष्कासन, निस्सृति, बहिष्कार, बेदखली।

evictor n. अधिनिष्कासनकर्त्ता, बहिष्कृत करनेवाला, बेदखल करनेवाला, हटानेवाला।

evidence १. n. स्पष्टता, प्रत्यक्षता; संकेत, लक्षण, चिह्न, निशान; साक्षी, साक्ष्य, प्रमाण, शहादत, गवाही; २. v.t. प्रमाणित करना, प्रकट करना, साबित करना; शहादत देना; circumstantial ~ परिस्थित साक्ष्य, यथावृत्त साक्ष्य; external ~ बहिर्साक्ष्य; hearsay ~ श्रुतानुश्रुत साक्ष्य; presumptive ~ तार्किक साक्ष्य; verbal ~ मौखिक, वाचिक साक्ष्य; written ~ लेख-प्रमाण, साधनपत्र; *turn king's, queen's ~* सहापराधीके विरुद्ध गवाही देना, सरकारी गवाह बन जाना; collateral ~, corroborative ~, occular ~, oral ~, secondary ~.

evident a. स्पष्ट, सुव्यक्त, परिस्फुट, प्रकट, प्रत्यक्ष; विशद, जाहिर।

evidential a. प्रामाणिक, साक्ष्य-सम्बन्धी, प्रमाणकारक, प्रमाण-सम्बन्धी; ~ value साक्ष्य-अर्हा।

evidentiary a. साक्षिक, प्रामाणिक (*~ fact*)।

evil १. n. अशुभ वस्तु, कुवस्तु, क्षति, पाप, अनिष्ट, कुकृत्य, दुष्कृति, दुष्कर्म, बदी, बुराई (*of two ~s choose the less*); २. a. गर्ह्य, गर्हित, निन्द्य, दुष्ट, अनिष्टकर, हानिकारक, असाधु, बद, बुरा, खराब; Aleppo ~ फोड़ोंका रोग; ~-doer पातकी, पापी, कुकर्मी, बदकार; ~-entreat कुव्यवहार, बुरा बर्ताव; ~-eye पापदृष्टि, कुदृष्टि, बुरी नजर; ~-favoured कुरूप, भद्दा; the E~ one दैत्य, शैतान; *~ gotten ~ spent* जनमभरकी कमाई चमरघटामें गँवाई; *~ is infectious* काजलकी कोठरीमें कैसो हू सयानो जाय काजरकी एक लीक लागिहै पै लागिहै, बुरी सोहबतका बुरा असर; *~ to him who ~ thinks* खाई खनै जो औरको ताको कूप तयार, जो दूसरोंके लिए गड्ढा खोदता है वह खुद गड्ढेमें गिरता है; *of an ~ tongue* दुर्मुख, दुर्वचन, कुभाषी, अपभाषी, बदजबान; *of ~ repute* कुख्यात, कुनाम, बदनाम; *speak ~ of* निन्दा करना, अशुभ वचन बोलना; ~ boding, ~ course, ~-disposed, ~ effect, ~-faced, ~-featured, ~-hearted, ~-hued, ~ looking, ~-mannered, ~-minded, ~sayer, ~-shaped, ~ smelling, ~ sounding ~ speaker, ~ speaking, ~ spirit, ~-starred, ~-taught, ~-tongued, ~-willed, ~ wishing.

evilness n. दुष्टता, दुष्कर्म, दुष्कृत्य, नीचता, बुराई।

evince v.t. निर्दिष्ट करना, प्रदर्शित करना, प्रकाशित करना, प्रकट करना, सूचित करना; प्रमाणित करना, प्रमाण देना, जताना, सबूत देना।

evincible a. प्रदर्शनीय।

evincive a. निर्देशक, प्रदर्शनात्मक, प्रमाणकारी, द्योतक, सूचक, जतानेवाला, सबूत देनेवाला।

evirate v.t. बधिया करना।

eviscerate v.t. निरन्त्र करना, आँतें निकालना, अँतड़ी निकाल लेना; (ला०) प्राणभूत तत्त्वोंसे रिक्त करना, पेट काटना।

evisceration n. अन्त्र-निष्कासन।

evitable a. परिहार्य, अनावश्यक, वर्जनीय।

evitate v.t. वर्जन करना, परे रखना, छोड़ना।

evocation n. आह्वान, पुकार; बुलावा; उद्बोधन।

evocative, -tory aa. आह्वायक, प्रबोधक, आह्वानकर्ता, प्रबुद्ध करनेवाला, पुकारनेवाला, उभारनेवाला; अभियोगको ऊपर ले जानेवाला।

evoke v.t. आह्वान करना, प्रबुद्ध करना, चेतन करना, जगाना, पुकारना, बुलाना; उच्च न्यायालयमें आहूत करना, अभियोगको ऊपर ले जाना।

evolute १. n. उद्वलय; २. a. (गणित) उद्वलित।

evolution n. प्रसार, उद्भव, विकास, उत्कर्ष, खुलना; निष्कास, विस्तरण, क्रमानुसार प्रकटीकरण; वक्ररेखाका प्रसार; (ग०) मूल-क्रिया; प्रकाश, उत्क्रान्ति, वृद्धि, विस्तार; प्रकृत्यावरण द्वारा नवजाति-उद्विकास, उद्विकास; (ऐहिक तत्त्वोंके संयोगसे दिव्य शरीरोंकी) उत्पत्ति; सैन्य-संचालनमें परिवर्तन; चक्राकार गति, चाल या नृत्य आदिमें फेरी खाना; Theory of E~ विकास-सिद्धान्त, उद्विकासवाद, परिणामवाद।

evolutional, -ary aa. उद्विकासी, विकास-सम्बन्धी (*~ socialism*); प्रकटीकरण-सम्बन्धी; मूलक्रियाविषयक।

evolutionism n. विकासवाद; उद्विकासवाद।

evolutionist n. विकासवादी, उद्विकासविज्ञ, उद्विकासवादी, उत्कर्षवादी, परिणामवादी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

evolutionistic n. विकासवादी ।

evolutive a. विकासोन्मुख, उद्विकासशील ।

evolve[1] v.t. & i. विस्तार करना या होना, विकसित करना या होना, खोलना, फैलाना, फैलना (ला०); अनुक्रममें लगाना, क्रमानुसार जताना; उद्भूत करना, छोड़ना, खारिज करना; (सिद्धान्तादि) विकसित करना, तर्क द्वारा निर्णय करना, पुष्टि करना या होना; विकास करना या होना, प्राकृतिक ढंगसे विस्तार करना या होना, बढ़ाना, बढ़ना; ~ *from* one's *inner consciousness* निमित्त गढ़ना, कल्पना द्वारा उद्भूत करना ।

evolvement n. विकास, उद्विकास, विस्तार, उद्भेद, पुष्टि, फैलाव ।

evolvent n. (ज्यामिति०) एक प्रकारकी वक्र रेखा; (गणित) उतार ।

evulgation n. सर्वसूचित बनानेकी क्रिया, उद्घोषणा ।

exquisiteness n. तीव्रता, सूक्ष्मता; उत्कृष्टता, अति-मनोहरता, सुन्दरता, उत्तमता।

exsanguinate v.t. रक्तहीन करना, रुधिररहित करना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

exsanguine a. रुधिररहित, रक्तहीन, खूनसे खाली।
exsanguinity n. रक्तहीनता, अरक्तता।
exscind v.t. काटकर अलग करना, काट डालना (शा० एवं ला०), छाँटना।
exsect v.t. बहिश्छेदन करना, काटकर अलग करना।
exserted a. बहिःक्षिप्त, फूला हुआ, उभरा हुआ।
exsertile a. बहिःक्षेपणीय, आगे ढकेलने योग्य।
ex-service a. भूतपूर्व (सैनिक)।
exsiccate v.t. अवशोषण करना, सारा पानी खींच लेना, सूखा कर डालना; उच्छोषण करना, शुष्क कर देना, सुखा देना, खुश्क कर देना।
exsiccation n. उच्छोषण, अवशोषण, सुखाना, सुखानेकी क्रिया।
exsiccative a. उच्छोषक, अवशोषक, सुखानेवाला।
exsiccator n. उच्छोषक यन्त्र, सुखानेवाली मशीन।
exstipulate a. (वन०) अननुपत्र, पत्ररहित।
exsuccous a. रसरहित, शुष्क, रूखा-सूखा।
extant a. प्रचलित, विद्यमान एवं सुरक्षित, वर्तमान, मौजूद।
extemporal a. = EXTEMPORANEOUS.
extemporaneous a. अचिन्तितपूर्व, सद्यःस्फूर्त, तत्क्षणकृत, तुरन्त किया हुआ।
extemporaneousness n. सद्यःस्फूर्तता, तत्क्षणता, शीघ्रता, तुरत-फुरत।
extemporary a. EXTEMPORANEOUS.
extempore १. a. सद्यःस्फूर्त, तात्कालिक, तत्काल-भाषित, आशु, अचिन्तित, समयस्फूर्त (~ *speech*); तत्क्षणकृत, अयत्नकृत, बिना तैयारीका; २. adv. पूर्वचिन्ता बिना, योजना बिना, बिना तैयारीके; योंही; *speak* ~ बिना तैयारीके भाषण देना।
extemporization n. आशुसृजन, आशुरचना; आशुभाषण।
extemporize v.t. & i. पूर्वकल्पना किये बिना लिखना या कहना; पूर्वचिन्तन किये बिना बोलना, समयोचित कह उठना, बिना तैयारीके बोलना।
extend v.t. & i. विस्तृत करना या होना, प्रसृत होना या करना, प्रसरण करना, विस्तार करना, वृद्धि करना; फैलना, बढ़ना; आगे फैलाना, तानना; संरक्षता प्रदान करना, (दया) करना; मूल्य आँकना, भूमि आदिकी कीमत लगाना; ऋणके लिए (भूमि आदि) छीन लेना, जब्त कर लेना, कुर्क कर लेना; (अंगोंको) पूरा फैलाना; पूरी लम्बाईमें लिखना; पहुँचना; (समय आदिको) बढ़ाना; (सेनाकी पंक्तिका) बीच-बीचमें एक-सा फासला छोड़कर ढंगसे खड़ा होना या करना; यथाशक्ति काम लेना; प्रदान करना, देना ⊙; ~ one*self* पूरी शक्ति लगाना।
extended a. ⊙पदानुपद, शब्दशः; वितत, पूरी लम्बाईका; विस्तृत (~ *definition*), फैला हुआ।
extender n. वितानक, विस्तार करनेवाला।
extendible, extensible aa. प्रसारणीय, विस्तारणीय, वितान्य, बर्द्धनीय, प्रसारके योग्य, विस्तारके योग्य।
extensibility n. प्रसारणीयता, वितान्यता, विस्तारणीयता, प्रसारणक्षमता, विस्तारशीलता; बर्द्धनीयता आदि।
extensible a. =EXTENDIBLE.
extensile a. = EXTENDIBLE.
extension n. बर्द्धन, प्रबर्द्धन, परिबर्द्धन, दीर्घीकरण; अतिरिक्त भाग; विस्तृति, वितनि, वितान, व्याप्ति, प्रसारण, विस्तार, वृद्धि, बढ़ती, फैलाव; वितति, प्रसरण, विस्तारण, फैलावट; university ~ विश्वविद्यालय-शिक्षा-प्रसार।
extensive a. वितानी, व्यापक, व्यापी, विस्तृत, सुविस्तृत, विशाल, बहुल, बड़ा, चौड़ा; विस्तीर्ण, दूरतक फैला हुआ (~ *business*); विस्तृत क्षेत्रकी (खेती)।
extensiveness n. विस्तीर्णता, विस्तार, व्यापकता, बहुलता, फैलाव।
extensometer n. वितानमान।
extensor n. वितानक, प्रसारिणी (मांसपेशी)।
extent n. सुविस्तृत क्षेत्र, लम्बा-चौड़ा स्थान (*a vast* ~ *of marsh*); विस्तृत स्थान, विस्तार, आयति, फैलाव; विस्तार-क्षेत्र, प्रभाव-क्षेत्र, परिमाण क्षेत्र, प्रसार-क्षेत्र (~ *of jurisdiction*); मूल्य-निर्धारण, मूल्य आँकना; अधिकारकरण, कुर्की, जब्ती; कुर्कीके लिए समादेश; परिमाण, मात्रा, सीमा हद; *to a great* ~ अति, बहुत हद तक; *to the fullest* ~ सर्वथा, पूर्णतया।
extenuate v.t. पापमार्जन करना, (प्रतीयमान) अपराधको कम करना (जैसे, *do not* ~ *yourself, his conduct*); शक्ति कम करना, दुबला करना, कमजोर करना, पतला करना; न्यून या अल्प करना, कम करना, लघु या हलका करना, घटाना (*nothing can* ~ *his baseness*)।
extenuating, -tive aa. लघुकारी, न्यूनीकरण करनेवाला, अल्पीकरण करनेवाला, हलका करनेवाला।
extenuation n. लघूकरण, न्यूनीकरण, शक्तिहरण, घटाव, दुबलापन; पापमार्जन।
extenuator n. पापापमार्जक; लघुकारी।
extenuatory a. हलका करनेवाला, कम करनेवाला।
exterior १. n. बाहर, बाह्यभाग, बाह्यपक्ष, बहिर्देश, बाह्यरूप, बाहरी आचरण या बर्ताव; २. a. बाह्य, बहिरागत, बाहर स्थित, बाहरी, बाहरका; ~ angle बहिष्कोण।
exteriority n. बाह्यता, बाहरीपन।
exteriorization n. बाह्यानुभव, बाह्य अनुभूति; बाह्यीकरण, बाह्य-रचना।
exteriorize v.t. बाह्यरूप प्रदान करना; स्पष्टतया अनुभव करना; बाह्य रूप देना।
exterminate v.t. परिसमाप्त करना, मूलोच्छेदन करना, निर्मूलन करना, सत्तानाश कर देना, उन्मूलित या निर्मूल करना, ध्वस्त करना, सर्वनाश करना, मिटा देना, जड़ काट देना, तहस-नहस कर देना, बर्बाद करना, उखाड़ना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

extermination n. मूलोच्छेदन, उन्मूलन, ध्वंस, सत्तानाश, नाश, तहस-नहस ।
exterminator n. उन्मूलनकर्त्ता, नाश करनेवाले ।
exterminatory a. मूलोच्छेदी, विनाशी, विनाशकारी ।
extern a. & n. बाह्य; बाह्य रूप; बाहर रहनेवाला छात्र ।
external १. n. बाह्य पक्ष, बाह्य परिस्थितियाँ, अनावश्यक वस्तुएँ, बाह्य दशा या अवस्था; बाह्याकार या वदनाकृति; २. a. बाह्याचार एवं अनुष्ठानसम्बन्धी; दृश्य-जगत्विषयक, बाह्य-जगत्-सम्बन्धी, जड़सम्बन्धी; बाह्य, बहिःस्थित, बाहरी; शरीरपर लगानेकी (दवा आदि); परराष्ट्रीय, वैदेशिक (*~ affairs*); ~ evidence बहिस्साक्ष्य, बाह्यसाक्ष्य; ~ bisector, ~ ear, ~ economy, ~ features, ~ form, ~ morphology, ~ respiration, ~ sovereignty, ~ student, ~ trade.
externalism n. बाह्याचारवाद, बाह्यकर्मकाण्ड ।
externality n. बहिर्भाव, बाहरीपन, ऊपरीपन ।
externalization n. बाह्यीकरण ।
externalize v.t. बाह्य रूप प्रदान करना, बहिर्वर्त्ती करना, बाहरी आकृति देना, जाहिरी सूरत देना ।
externals n. बाहरी भाग, बाहर ।
exteroceptor n. बाह्यसंग्राहक ।
exterritorial a. राज्यक्षेत्रातीत, क्षेत्रबाह्य ।
exterritoriality n. राज्यक्षेत्राधिमुक्तता, क्षेत्रबाह्यता ।
extersion n. पोंछने या रगड़नेका कार्य ।
extinct a. परिशान्त, विस्फोटशून्य, निर्वापित, बुझा हुआ; परिमृत, नष्ट, मरा हुआ; विनष्ट, उच्छिन्न, लुप्त; अप्रचलित; उत्तराधिकारिहीन ।
extinction n. निर्वाण, निर्वापण, बुझाना; परिसमाप्ति, सत्यानाश, क्षय, उच्छेद, विनाश, विलोप; चुकौती, अदायगी; विनष्ट या विलुप्त करना या होना; परिमृति ।
extinctive a. निर्वापणकारी, बुझानेवाला; विलोपकारी, विनाशक, परिसमापक ।
extine n. (वन०) बाह्यकवच, बाहरी खोल ।
extinguish v.t. निष्प्रभ करना, रंग फीका कर देना; दमन करना, चुप करना, ठण्डा करना; उच्छेद करना, विध्वंस कर देना, नष्ट करना; (ऋणसे) मुक्त करना या चुकाना; अस्तित्व मिटाना, समाप्त करना, सर्वनाश करना, लोप करना; निर्वापित करना, शमन करना, दमन करना, दवा देना, बुझा देना ।
extinguishable a. निष्प्रभ करने योग्य; ध्वंस योग्य; चुकाने योग्य; दमनीय, निर्वाप्य, बुझा देने योग्य ।
extinguished a. शमित, निर्वापित, बुझा हुआ ।
extinguisher n. शमित्र, शमक, विनाशकर्त्ता, दमनकर्त्ता, बुझानेवाला; बत्ती बुझानेवाली एक प्रकारकी खोखली गावदुम टोपी, गुलगीर, बुझाऊ ।
extinguishment n. परिशमन, निर्वापण, दमन; समाप्ति, विध्वंस ⊙; निष्प्रभता, कान्तिहरण ।
extirpate v.t. उन्मूलन करना, मूलोच्छेदन करना, ध्वंस करना, मिटाना, जड़से उखाड़ देना ।
extirpation n. समूलोत्पाटन, मूलोच्छेद, विध्वंस, नाश ।
extirpator n. उन्मूलनकर्त्ता, मूलोच्छेदन करनेवाला, उखाड़नेवाला ।
extol v.t. अत्यधिक प्रशंसा करना, स्तुति करना, प्रशंसाके पुल बाँधना, बढ़ाना, चढ़ाना; *~ him to the skies* (प्रशंसा करके) आकाशपर चढ़ा देना ।
extoller n. समभिप्रशंसक, स्तावक, तारीफ करनेवाला ।
extorsive a. अपग्रहणक्षम, अपकर्षी, बलपूर्वक खींच लेनेवाला, बलात् ऐंठनेवाला या ग्रहण करनेवाला ।
extort v.t. अपकर्षण करना, (शब्दोंका अर्थ) तोड़-मरोड़कर निकालना; (आँकड़ोंसे निष्कर्ष) घुमा-फिराकर निकालना, खींचतानकर निकालना; बलाद् हरण करना, बलात् लेना, जबरदस्ती लेना या प्राप्त करना या करवाना, (रुपया) ऐंठना, छीनना (*~ contribution*) ।
extortion n. अपकर्षण, बलाद्-आदान, बलपूर्वक अर्थग्रहण, अवैध धनापहरण, बलात्-ग्रहण, जबरदस्ती वसूली; उपद्रव, बलात्कार, लूट ।
extortionary a. बलादादान-सम्बन्धी, बलाद्-ग्रहण-सम्बन्धी, अपकर्षणात्मक ।
extortionate a. उत्पीड़क, अत्याचारी, बलाद् धनापहरणकारी, जबरदस्ती वसूल करनेवाला; बहुत अधिक (मूल्य आदि) ।
extortioner, -nist nn. उपद्रवी, अत्याचारी, बलादादाता, बलाद् धनापहरण करनेवाला, धनापहारक, लूट करनेवाला ।
extortive a. = EXTORSIVE.
extra १. n. अतिरिक्त वस्तु, फालतू चीज, अतिरिक्त मूल्यकी वस्तु (*dancing is an ~*); अतिरिक्त नृत्य, विशेषनृत्य; (चलचित्र) व्यक्ति जो अस्थायी रूपसे साधारण चरित्रके अभिनयके लिए नियुक्त किया गया हो या भीड़का एक अंग हो; क्रिकेट खेलका वह रन जो बल्लेको गेंद-पर मारे बिना ही बना लिया जाता है; २. a. अतिरिक्त, फालतू, फाजिल; वृहत्तर, विशेष, बड़ा (*~ foolscap*); उत्कृष्ट, बहतर, उससे बढ़िया (*~ binding*); ३. adv. सामान्यसे अधिक, अति, ज्यादा (*~ strong*); अधिकतर, अतिरिक्तरूपमें; ~ atmospheric वायुमण्डलबाह्य; ~-cosmical विश्वबाह्य, ब्रह्माण्डके बाहर चलनेवाला; ~-cranial करोटिबाह्य, कपालबाह्य; ~ curricular पाठचर्यातिरिक्त (*~ activity*); ~-essential अनावश्यक, अनपेक्षित, असार, निस्सार, अतिरिक्त; ~-floral पुष्पबाह्य; ~ judicial न्यायातिरिक्त, विधि बाह्य, बहिर्भूत, न्यायालय के सामने न की हुई (अपराध-स्वीकृति); ~-mundane अपार्थिव, इहलोकातीत, लोकबाह्य; ~-mural विश्वविद्यालयके बाहरका; चहार दीवारी या सीमाके बाहरका, शहरके बाहरका (भाषण आदि); ~-official कार्यालयके बाहरका, नियमित कार्य या अधिकारसे असम्बन्धित; ~ parochial पादरीकी यजमानीसे बाहरका, उसकी यजमानीसे असम्बन्धित; ~-special edition अति विशेष संस्करण (समाचार-पत्रका); ~-territorial राज्यक्षेत्रातीत;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ activity, ~-additional, ~ allowance, ~-articular, ~-articular region, ~ assistant auditor, ~-axillary, ~ binding, ~-bound, ~ charge, ~-condensed, ~ current, ~-cellular, ~ cutting, ~-departmental, ~ diet, ~-dotal, ~ dry, ~ establishment, ~ expenditure, ~ facilities, ~-fascicular, ~ fine, ~ fuel, ~-gear wheel, ~ good, ~-hazardous, ~ judge, ~-large, ~ leave, ~-light, ~ London blue, ~-long, ~-mild, ~-molecular, ~-municipal, ~ payment, ~-peninsular area, ~-peritoneal, ~-pharmacopeia, ~-physical, ~-professional, ~ proof, ~-provincial, ~ remuneration, ~ secretary, ~ session, ~ shift allowance, ~-solar, ~-special, ~-state, ~-state newspaper, ~-strong, ~ time, ~-tropical, ~-vascular, ~ work.

extract १. n. रस, निर्यास, सत्व, निचोड़, सत्त, अर्क; उद्धरण, अवतरण; निष्कर्ष, सार, सारांश, संक्षेप, खुलासा; २. v.t. (अर्क सार आदि) दबाकर या चूसकर निकालना, निचोड़ना; उद्धरण देना, उद्धृत करना; बलपूर्वक हटाना, उखाड़ना (दाँत आदि); व्यक्ति की इच्छाके विरुद्ध बात मनवा लेना, जबरदस्ती (रुपया आदि) खींच लेना; (प्रतिलिपि) उतारना, नकल करना; (सुख) प्राप्त करना या लेना, तर्क द्वारा (निष्कर्ष) निकालना; ज्ञात करना, (किसी संख्याका मूल) निकालना, खोजना।

extractable a. निष्कर्षणीय, निष्कर्ष निकालने योग्य; उत्पाटनीय, उखाड़ने योग्य।

extracted a. निस्सारित, उद्धृत।

extraction n. निरसारण, निष्कासन, निष्कर्षण, निकालना; उद्भव, जन्म, उत्पत्ति; वंशानुक्रम, वंश-परम्परा, वंशावली; सार, निचोड़; ~ rate गेहूँमें आटेका अनुपात;

~ apparatus, ~ flask, ~ operations, ~ percentage, ~ ratio, ~ register, ~ tank.

extractive १. n. सारवस्तु; २. a. सारवत्, सार या रसके गुणका; ~ industries निस्सारक उद्योग, प्राकृतिक उपज सम्बन्धी उद्योग।

extractor n. निस्सारक, निस्सारित्र, निष्कर्षक (यन्त्र), निष्कर्ष निकालनेवाला, निचोड़नेवाला।

extraditable a. प्रत्यर्पण योग्य, सुपुर्द किये जाने योग्य (अपराधी); प्रत्यर्पणात्मक (अपराध)।

extradite v.t. प्रत्यर्पण करना; (विदेशी भागे हुए अभियुक्तको) उसकी सरकारके हवाले कर देना।

extradition n. (कानून) प्रत्यर्पण (~ *officer*), भागे हुए अपराधीका उपयुक्त अधिकारियोंको समर्पण, परराज्यके अभियुक्तको सौंपना; (मनोवि०) संवेदन-केन्द्रसे परे संवेदनका स्थान-निर्धारण।

extrados n. बहिर्नेमि, बहिश्चाप।

extra-foraneous a. द्वारबाह्य, घरके बाहर।

extragalactic a. आकाश गंगाके बाहरका।

extraneous a. असम्बद्ध, असंगत, भिन्न; परकीय, विदेशी, विजातीय; बाह्य, विदेशी उद्गमका, बाहरी (~ *matter*)।

extraneousness n. असंगति, परकीयत्व, परायापन; विजातीयता, बाह्यता।

extraordinariness n. असाधारणता, विशिष्टता।

extraordinary १. n. (pl.) (प्रा०) सेनाका विशेष भत्ता; २. a. असामान्य,विशेष,असाधारण(~ *urgency*); अतिरिक्त, विशेषरूपसे नियुक्त (अधिकारी); विलक्षण, आश्चर्यजनक, अद्भुत, अलौकिक, अपवादरूप, अनोखा, निराला; असाधारणतः महान्, अपूर्व; envoy ~ विशेषदूत, द्वितीय श्रेणीका राजदौत्यिक मन्त्री जिसका पद राजदूतसे नीचे हो।

extrapolate v.t. & i. बाह्यकलन करना।

extrapolation n. (गणित) बाह्यकलन, बाह्यवेशन, बाह्यगणन।

extratropical a. उष्णवलयपार।

extravagance, -cy nn. अविचारपूर्ण या हास्यास्पद वक्तव्य या कृत्य; अतिव्ययिता; अमिताचार, अपव्यय, फिजूलखर्ची; अमिताचारता, अविवेक, तर्कहीनता, असन्तुलन, उच्छृंखलता, अतिक्रम, असंयम।

extravagant a. अपरिमित, अत्यधिक; अमितव्ययी, मुक्तहस्त, उड़ाऊ, खर्चीला; अमर्यादित, अविवेकी, विवेकहीन, तर्कहीन; असन्तुलित, असंयमी, असंयत।

extravagantness n. = EXTRAVAGANCE.

extravaganza n. अव्यवस्थित रचना, ऊटपटाँग भाषा, विलक्षण बर्ताव।

extravagate v. i. मर्यादाका उल्लंघन करना, मर्यादा भंग करना, उचित सीमाको पार करना; (सन्मार्गसे) विचलित होना, भटकना, गलत रास्तेपर जाना।

extravasate v.t. & i. बहना, बह निकलना; बहिर्धमनीयन करना, बहिःशिरायन करना, नलीसे निकालना या बहाना।

extravasation n. रसादिका स्राव, छलकाव; बहिर्धमनीयन, बहिःशिरायन; ~ of blood रक्तमोक्षण, रुधिरोत्सारण; ~ of urine मूत्रोत्सारण।

extravert n. बहिर्मुख।

extreme १. n. सिरे या छोरपरकी वस्तु; (pl.) पृथक् या भिन्न वस्तुएँ (~ *smeet*); अति, पराकोटि, छोर, चरमसीमा, सिरा; संवाक्यमें साध्यावयव या पक्षावयव, प्रस्थापनामें उद्देश्य या विधेय; अनुपात या श्रेणीका प्रथम या अन्तिम पद; २. a. नितान्त, परम, चरम, अधिकतम; अन्तिम, आखिरी; बाह्यतम, केन्द्रसे दूरतम सिरे या छोरका; अतिशय (जैसे, ~ *old age*); अत्यधिक, परले सिरेका; प्रचण्ड, घोर, उग्र, कठोर, कड़ा, सख्त; अतिपूर्ण, अतिवादी; *an* ~ *case* चरम अवस्था; *divided in* ~ *mean ratio* मध्यकान्त निष्पत्तिमें,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

विभाजित; जो अनुपात समग्रका एक अवयवसे है यही इस अवयवका दूसरे अवयवके साथ है; ~ *unction* अन्तमलन, पादरीके द्वारा मरते हुए व्यक्तिको तेल आदि लगाना; *in the* ~ नितान्त, अत्यन्त, पूर्णरूपसे; *run to an* ~, *go to* ~*s* चरमरूप ग्रहण करना, अतिरूप धारण करना।

extremeness n. चरमस्थिति, अति, नितान्तता; दूरतमता, बाह्यतमता; उग्रता, कठोरता।

extremism n. अतिवाद, अतिशयवाद, चरमपन्थ।

extremist n. उग्रपन्थी, उग्रतावादी, चरमपन्थी, अतिवादी, अतिमार्गी।

extremity n. चरमसीमा, पराकोटि, अत्यन्तता, पार, अन्त, छोर, सिरा; (प्रायः pl.) कठोर साधन, उग्र उपाय; परम संकट, घबड़ाहट, तंगी, परेशानी (*what can we do in this* ~); the ~ies हाथ-पाँव।

extricable a. विमोचनीय, विमुक्त करने योग्य, सुलझाने योग्य।

extricate v.t. उद्धार करना, मुक्त करना, निस्तार देना, विमुक्त करना, छुड़ाना, सुलझाना; रासायनिक संयोगसे (गैस आदिको) छोड़ देना।

extrication n. निस्तार, उद्धार, मुक्ति, विमोचन, छुटकारा, सुलझाव; त्राण, बचाव।

extrinsic a. अनावश्यक, अप्रधान; बाह्य, बहिस्थ, विजातीय, असम्बन्धित, ऊपरी, बाहरी; बाह्यवर्ती; बहिश्चालित।

extrinsicality n. बाह्यता।

extrorse a. बहिर्मुख (~ *lobes*)।

extroversion n. बहिर्मुखता, बाह्यदर्शिता।

extrovert n. दे० EXTRAVERT.

extrude v.t. उत्सारण करना, उत्तोदन करना, बहिष्कार करना, बलपूर्वक बाहर कर देना, बाहर निकालना, निकाल फेंकना, धकियाना, ढकेलना।

extrusion n. उत्सारण, उत्तोदन, बहिष्करण, निकाला, निकासी।

extrusive a. उत्सारणीय, उत्तोदनीय, बहिष्करणीय, बाहर करने योग्य, निकाल फेंकने योग्य।

extuberance n. अधिमांस, गंड, स्फोट, फोड़ा।

extuberant a. = PROTRUBERANT.

exuberance, -cy nn. बाहुल्य, आधिक्य, प्राचुर्य, समृद्धि, प्रचुरता; ओजस्विता; उर्वरता, सम्पन्नता।

exuberant a. ओजस्वी, उल्लसित, भावनापूर्ण; उल्लासपूर्ण, ओजपूर्ण; अलंकृत, शब्दाडम्बरपूर्ण (भाषा); प्रचुर, विपुल, समृद्ध, पुष्कल, बहुत; (शा० एवं ला०) बहुप्रसव, प्रचुरता या बहुलतासे उर्वर; बहुप्रज, फलप्रद; प्रचुरतासे बढ़नेवाला, तीव्र, उत्कट, समृद्ध, हरा भरा, भरापूरा, बहुत अच्छा।

exuberate v.i. जी भरकर करना, खुलकर किसी काममें लगना, मौजसे (कोई काम) करना; समृद्ध या परिपूर्ण होना, बाहुल्य होना, प्रचुर होना, भरपूर होना; हराभरा होना, रेलपेल होना।

exudate १. n. उत्स्वेद, निःस्राव; २. v.t. & i. = EXUDE.

exudation n. निःस्रवण, निष्यंदन, उत्स्वेदन, निस्राव, स्वेदस्राव, प्रस्राव, रस, पसीना।

exudative a. स्रावी, प्रस्रावी, पसीनेकी तरह निकलनेवाला।

exude v. i. & t. निष्यन्दित होना, उत्स्वेदित होना, स्रवित होना, पसीनेकी तरह रसकर बहना, रसना, रस निकलना, पसीजना, चूना, चुआना।

exult v. i. गर्वका अनुभव करना, किसीपर अभिमान करना; हर्षोन्मत्त होना, परमहर्ष होना, जयोल्लास होना, विजयसे उल्लसित होना; परमानन्दित होना, प्रमुदित होना, अतिप्रसन्न होना, अत्यानन्दित होना, फूले न समाना, बागबाग होना।

exultancy n. परमहर्ष, परमानन्द, उल्लास; विजयाभिमान।

exultant a. आह्लादित, प्रमुदित, जयोल्लासपूर्ण, परमप्रसन्न।

exultation n. आह्लाद, अत्यानन्द, परमानन्द, परमहर्ष, प्रमोद, उल्लास, विजयाभिमान।

exuviae n. (pl.) जन्तुओंका परित्यक्त चर्म, निर्मोक, पशुके शरीरकी झिल्ली, घोंघा, केंचुली, खाल, उतरन।

exuvial a. निर्मोकीय, केंचुली-सम्बन्धी, उतरनका।

exuviate v.t. & i. केंचुली छोड़ना, खाल फेंकना या उतारना (ला० भी), केंचुली या मरी हुई खालके बाहर निकलना।

exuviation n. चर्मत्याग, खाल छोड़ना।

eyas n. श्येनक, सधानेके लिए घोंसलेसे निकाला हुआ बाजका छोटा बच्चा या जो सधाया जा रहा हो।

eye* १. n. अक्षि, चक्षु, नेत्र, दृष्टि, आँख*; आँखका तारा, पुतली (*blue, brown* ~*s*); अक्षिकोटर, नेत्रकोटर; आँख जैसी वस्तु जैसे मोरके पंखपरकी आँख; २. v.t. पर्यवेक्षण करना, सतर्क दृष्टि रखना, दृष्टि रखना, देखना, नजर रखना; ~ball अक्षिगोल, नेत्रगोलक, आँखकी पुतली, आँखका डेला या गटा; ~-bath, ~-cup नेत्रचषक, आँख धोनेका प्याला; ~-bolt नेत्रार्गली, लोहेकी चिटखनी जिसके सिरेपर आँकड़े आदिके लिए छेद हों; ~bright (*euphrasy* भी) पौधा जो प्राचीन समयमें आँखोंके इलाजमें काम आता था; ~brow भृकुटी, भ्रू, भौंह; ~-drop अश्रु, आँसू; आँखकी दवाई; ~-glass उपनेत्र, चक्षुताल, ऐनक, चश्मा; ~-hole अक्षि-छिद्र, निरीक्षण छिद्र, झाँकने का छेद; ~-lash पक्ष्म, पक्ष्मरोमालिका, अक्षिरोम, बरौनी; ~-lid नेत्रच्छद, पपोटा, पलक; ~-opener चक्षु उन्मीलक, अप्रत्याशित, विस्मयजनक अवस्था या घटना या दृश्य, आँखें खोलनेवाली, असावधानीसे चौंका देनेवाली परिस्थिति; ~-piece नेत्रवीक्ष, अक्षिताल, उपनेत्र, दूरबीनका शीशा या ताल; ~-servant नौकर जो स्वामीके निरीक्षणके समय अच्छा काम करे; ~-service ऐसे नौकरका काम; ~-shot दृष्टिप्रसार, दूरी जहाँ तक कोई देख सके,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

beyond, in, out of, shot (of); ~-spot तारा; ~-strings चक्षुपेशियाँ; ~sight दृष्टिशक्ति, दृष्टि, बीनाई; ~sore आँखका काँटा; भद्दी चीज; ~-splice रस्सीकी लड़ियोंका फन्दा या जोड़; ~-tooth कुक्कुरदन्त, कुत्तादाँत; अक्षिदन्त, जो आँखके बिलकुल नीचे और ऊपर या नीचेके जबड़ेमें हो; ~wash अंजन, काजल, आँखोंमें डालनेकी दवा; (ग्रा०) केवल बातें, ढकोसला; ~water अश्रु, आँसू, आँखमें छोड़नेकी दवाई, आँखका कीचड़; ~-witness कर्मसाक्षी, प्रत्यक्षदर्शी, चाक्षुष साक्षी, गवाह जिसके सामने घटना घटित हुई हो, चश्मदीद गवाह; *all my~ (& Betty Martin)* बकवाद, बकवास, बनावट, धोखा, ढकोसला, बेवकूफी; *be all ~s* मनोयोगपूर्वक देखना, सतर्कतासे निरीक्षण करना, ध्यानपूर्वक देखना; *cast sheep's ~* करुण या ललचाई दृष्टिसे देखना; *clap, set, ~s on* ध्यानसे देखना, घूरना, नजर जमाना; *~ for ~* प्रतिशोध, बदला; *~ of day* सूर्य; *~ of needle* सुईका नोका या छेद; *~s right, left, front* आँखें दाईं, बाईं, सामनेकी ओर (घुमाओ); *hang on by the ~lids* (ला०) सूक्ष्मरूपसे अवलम्बित करना, हलकेसे पकड़ना; *have an ~ for proportion* etc. अनुपातका ध्यान रखना, (किसी बातका) निर्णायक होना; *have an ~ to* (किसी वस्तुको) लक्ष्यमें रखना, किसी वस्तुपर दाँत होना, नजरमें रखना; *he sees a mote in other's ~s but not a beam in his own* सूप बोले तो बोले, छलनी क्या बोले जिसमें हजार छेद; *his ~s are bigger than his belly* (इसे ऐसे व्यक्तिके सम्बन्धमें कहते हैं जिसे) तृष्णा अधिक हो और खा कम सके; *hook and ~* एक प्रकारका बँध या बँद, रस्सीका फन्दा; तकमा; आलूका कल्ला; *if you had half an ~* यदि तुममें कुछ भी विचारशक्ति होती; *in the ~ of the law* कानूनी दृष्टिसे; *in the ~s of* (अमुक) के विचारसे या रायमें; *in the mind's ~* ज्ञानचक्षु द्वारा, कल्पनामें; *in the wind's ~* वायुकी दिशामें; *keep an ~ on* सतर्क रहना, सावधानी बर्तना, दृष्टि या नजर रखना, निगरानी करना (ला० भी); *lose an ~* एक आँख (की दृष्टि) जाती रहना; *made him open his ~s* आश्चर्य या अचम्भेसे नेत्रोंको विस्फारित करना, आँखें खोल देना; *make ~s at* प्रेमभरी दृष्टिसे देखना; आसक्तिपूर्ण या रसीली दृष्टिसे देखना; *mind your ~* सावधान रहना, होशियार रहना, अपनी आँखोंको बचाना; *mote in one's ~* दोष, आँखका तिनका; *my ~(s)!* विस्मयबोधक प्रयोग; *open one's ~s to* किसीको स्पष्टतया अनुभवकर जाना, किसीकी आँखें खोल देना; *pipe, put, one's finger in, one's ~* रोना; *saw with half an ~* सरसरी तौरपर देख लिया, एक झलक पा ली, एक नजर देख लिया; *see ~ to ~ (with)* सम्पूर्णतः सहमत होना, एकमत होना; *throw dust in the ~s of* (किसीकी) आँखोंमें धूल झोंकना या डालना; *up to the ~s* बहुत अधिक व्यस्त; आँखोंतक डूबा हुआ, बाल-बाल बँधा हुआ (*up to the ~s in work*); *view with a friendly, jealous, ~* मित्रता या द्वेषपूर्ण दृष्टिसे देखना; *what ~s see not, the heart rules not* न कुत्ता देखेगा न भूँकेगा; *wipe the ~ of (shooter)* शिकारीसे जो शिकार बचकर निकल गया हो उसे मारना; *with an ~ to* (इस) प्रयोजनसे (कि);

~ appraisement, ~ balm, ~bar, ~-bone, ~ cap, ~ colour, ~ darkroom, ~ department, ~disease, ~-ear plane, ~ estimate. ~ fly, ~lens, ~-level, ~ outpatients department, ~piece micrometer, ~-pit, ~-protector, ~root, ~s front, ~ socket, ~-specialist, ~ stigma, ~-strain, ~ van, ~ ward, ~worm ~worm disease.

eyed a. सनेत्र, आँखोंवाला (ला०)।

eyeless a. नेत्रहीन, अनयन, अनेत्र, अन्धा (ला०)।

eyelet n. अक्षिका, छोटी आँख; छिद्र, रन्ध्र, छेद, बचावका मार्ग, सूराख; (कपड़े या बादबान आदिमें रस्सी, डोरी आदि बाँधनेके लिए) छोटा छेद; ~-hole अक्षिका-छिद्र; रन्ध्र, गवाक्ष, छोटा छेद जिससे देखा जा सके।

eyot n. छोटा टापू, AIT.

eyra n. (दक्षिणी अमरीकाका) वन्यविडाल, जंगली बिल्ली।

eyre n. परिधि न्यायालय, चलन्यायालय, दौरा करनेवाली या गश्ती अदालत (जैसे, *Justices in E~*)।

eyrie n. आखेटपक्षि-नीड, शिकारी चिड़ियाका घोंसला।

F

F letter (pl. *Fs, F's*) फ, अंग्रेजी वर्णमालाका छठा वर्ण; चौथा सुर (संगीत)।

fabaceous a. शिम्बी-सम्बन्धी, सेमकी तरहका।

Fabian a. दीर्घसूत्री; शत्रुको पराजित करनेके लिए सावधान एवं दीर्घसूत्री युद्धकौशलका प्रयोग करनेवाला; *~ society* इस प्रकारकी नीतिके अनुयायी समाजवादियोंका दल।

Fabianism n. समाजवादका एक रूप (फेबियन सोसाइटीके द्वारा प्रवर्तित)।

fable[1] n. पुरावृत्ताख्यान, पौराणिक कथा; आख्यायिका, गल्प, कल्पित तथा अलौकिक कथा, किस्सा; कपोलकल्पना, निराधार वार्ता, बिना सिर-पैरकी बातचीत (*old wives' ~s*); कल्पित वस्तु, मिथ्यावस्तु, काल्पनिक पदार्थ; नाटक आदिका कथानक; उपदेशप्रद उपाख्यान जिसके पात्र पशु-पक्षी होते हैं; असत्य कथन, झूठ, झूठा बयान।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

fable[2] v.i. & t. (प्रा० और का०) कल्पित आख्यायिका बतलाना, कपोल कल्पित कथा-कहानी कहना; कोई बात बनाकर कहना, बनावटी बात करना, बहाना करना।

fabled a. पौराणिक, उपाख्यानोंमें वर्णित, कल्पित, काल्पनिक, कृत्रिम, मनगढ़न्त, बनावटी।

fabler n. गल्पकार, कथाकार, कहानीकार, आख्यायिकाका लेखक, गल्प बनानेवाला, मनगढ़न्त बातें कहनेवाला, कहानियाँ बनानेवाला, किस्सा बनानेवाला।

fabliau n. (pl. *-x, -s*) आख्यायिका, पद्यकथा, प्राचीन फ्रांसीसी काव्यमें छन्दबद्ध कथा।

fabric n. (शा० एवं ला०) रूपाकार, पिंजर, ढाँचा, फ्रेम; भवन, गृह, मकान, इमारत; जुड़ी हुई वस्तु; रचना, बनावट; ऊति, कपड़ेकी बुनावट, जाली; वस्त्र, बुनी हुई वस्तु, कपड़ा।

fabricant a. संविरचयिता, गढ़नेवाला।

fabricate v.t. संविरचना करना, रचना, निर्माण करना, बनाना, गढ़ना, बुनना; (तथ्योंका) कपोलकल्पित सृजन करना, आविष्कृत करना, झूठ-मूठका बनाना, कपट रचना करना, (दस्तावेज या प्रलेख) जाली बनाना, जालसाजी करना।

fabricated a. संविरचित, मिथ्यारचित, कूट, झूठा, गढ़ा हुआ;
~ adoption, ~ evidence.

fabrication n. संविरचना, रचना, निर्माण, गढ़न; मिथ्या रचना, कल्पित सृजन, कपट रचना, कूट, प्रपंच, जालसाजी; परिघाटन, प्रघाटन, घड़ाई, गढ़न।

fabricator n. रचक, निर्माता, बनानेवाला, बुननेवाला; कूटरचक, मिथ्या-रचयिता, कल्पित सृजन करनेवाला, धूर्त, झूठा, जालसाज।

fabulise v.i. गल्प या कथाके माध्यमसे कहना; गल्प लिखना, कथा लिखना, किस्सा-कहानी लिखना।

fabulist n. कथारचक, कथाकार; मिथ्या-प्रवर्तक; गल्पस्रष्टा, गप्पी।

fabulosity n. पौराणिकता, अतिशयोक्ति, अविश्वसनीयता; काल्पनिकता; कहानीरोचकता, कथाप्रियता।

fabulous a. उपाख्यान-प्रेमी, उपाख्यान, आख्यायिका-प्रेमी, कल्पितकथाप्रिय, कहानीप्रिय (*~ historians*); कल्पित, काल्पनिक, अवास्तविक, कथामें वर्णित; अविश्वास्य, अविश्वसनीय, पौराणिक, अनैतिहासिक, अत्युक्त, अतिशयोक्त, निरर्थक, जाली, लच्चर; ~ age पुराणकाल।

fabulousness, fabulosity nn. कथारोचकता, कथाप्रियता, कहानीप्रियता; अविश्वसनीयता, अतिशयोक्ति, पौराणिकता, काल्पनिकता।

facade n. सड़क या गलीकी ओर गृहका अग्रभाग, घरका मत्था, मोहरा।

face[1]* n. फलक, वक्त्र, आनन, वदन, मुख*, मुखाकृति, चेहरा*; आननदशा, वदनावस्था, मुखस्थिति, चेहरेकी हालत; मुखविकृति (*make, pull, a ~ or ~s*); धार, किसी यन्त्र या औजार तथा हथियारका वह भाग जिससे काम किया जाता है; प्रत्यक्ष; सीधेकी ओर, घरके आगेका भाग, सीधे रुख; मुद्राका चेहरेवाला भाग जिस ओर मूर्त्ति बनी रहती है, घड़ी आदिका मुख (डायल), मकानका मोहरा; पृष्ठभाग, धरातल, ऊपरी भाग (*from the ~ of the earth*); बाह्यरूप, बाहरी पक्ष, दिखावा, तड़क-भड़क; अविनय, धृष्टता, निर्लज्जता, गुस्ताखी; शान्ति, धैर्य, धीरज; ~-ache वक्त्रपीड़ा, वातशूल, नसोंकी पीड़ा; ~ cards चित्रवाले ताशके पत्ते; ~-value प्रत्यक्ष मूल्य, अंकित मूल्य, अभिहित अर्हा, सिक्के आदिपर अंकित मूल्य; *carry two ~ under one hood* एक पर्देमें दो चेहरे; *~ to ~* प्रत्यक्ष, समक्ष, सम्मुख, सामने, आमने-सामने; *~ to ~ with* प्रत्यक्ष होना, समक्ष आना, सम्मुख होना, सामने होना, आमने-सामने होना; *fly in the ~ of* आशोल्लंघन करना, खुल्लम-खुल्ला विरोध करना; *have the ~* बहुत निर्लज्ज होना, लज्जाको पी जाना, ढीठ होना; *her ~ is her fortune* सौन्दर्य ही उसकी सम्पत्ति है; *in ~ of* विपरीत, सामने, ठीक सामने; *in ~ of or in the ~ of* होनेपर भी; *in the ~ of day* स्पष्टतया, साफ-साफ, खुल्लमखुल्ला, खुले रूपमें; *look one in the ~* सम्मुख होना, धीरजके साथ सामने आना, किसीके सामने होना; *lose ~* प्रतिष्ठा खो देना, सुयश खोना, लज्जित होना; *on the ~ of it* बाह्यतः, ऊपर-ऊपरसे; *pull, wear, a long ~* गम्भीरताके साथ सोचना, गम्भीर दिखायी पड़ना, खिन्न दिखायी पड़ना, विसूरना; *put a good, bold ~ on matter* झेंप छिपाना या मिटाना; किसी मामलेका साहसके साथ सामना करना, किसी मामलेको अच्छी दशामें प्रस्तुत करना, किसी मामलेमें धैर्य प्रगट करना; *put a new ~ on* आकृति बदल देना, दशा बदल देना; *save* one's *~* लाज रखना, नाक रखना, आन बचाना, बात रखना; *set* one's *~ against* विरोधका दृढ़ निश्चय करना, विरुद्ध लड़नेकी ठान लेना, डट जाना; *show* one's *~* प्रकट होना, सम्मुख होना, सामने आना; *to* one's *~* उपस्थितिमें, किसीके सामने, मुँहपर या इस तरह कि वह सुन सके; *with wind, sun, in* one's *~* सूर्य या हवाका सामना करते हुए;
~ amount, ~ angle, ~-centred, ~-cloth, ~-harden, ~-maker, ~ mark, ~-plait, ~-plate, ~-powder, ~ towel, ~ washer, ~wise, ~-work.

face[2] v.t. & i. उपस्थित होना, सामने आना, आ जाना (*the problem that ~s us*); डटकर सामना करना, चुनौतीके साथ विरोध करना, डटे रहना, जमकर सामना करना, जी न चुराना; सम्मुख होना, सामने होना (*~ page 20*); धरातलको समतल बनाना; (चामपर) रंग चढ़ाना; किसी चीजकी तह चढ़ाना, लपेटना, मसाला लगाना; कपड़ेमें कालर-कफ आदि लगाना; अपने ही स्थानपर किसी दिशामें घूम जाना (*~ left*); (गॉल्फ या हॉकीके) खेलके प्रारम्भमें दो विरोधी खिलाड़ियोंके बल्ले

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

आदिके) बीचमें गेंद रखना (अतः ~ *off*); ताशके पत्तेको सीधे रख देना; (व्यक्तियों आदिका) देखना, (वस्तुओंका) किसी निर्दिष्ट दिशामें स्थित होना; ~ *matter out* किसी कामको पूरा कर देना, किसी मामलेको अन्तिम परिणाम या अवस्था तक पहुँचा देना; ~ *opponent down* परास्त करना, नीचा दिखाना; घुड़कना, डाँटना, झिड़कना; ~ *the music* साहस न खोना, समयपर पीछे न हटना, सुस्त न पड़ना।

faced a. अग्रभागवाला, मुखवाला; सम्मुख, समक्ष, प्रत्यक्ष, आमने-सामने।

facer n. विपत्ति, कष्ट, आकस्मिक बड़ी कठिनाई; थप्पड़, तमाचा।

facet n. खण्ड, कई पहलूवाले छेदका एक पहलू; पक्ष, पहल, पहलू; मुख, मुखिका, रुख।

faceted a. कई पहलूवाला, कई पहल या रुखका।

facetiae n. pl. (पुस्तकोंके सूचीपत्रमें) हास्यपूर्ण या अश्लील पुस्तकें; (बहु०) आनन्द-प्रमोद, हँसी विनोद, हँसी ठिठोलीकी बातें।

facetious a. हासोत्पादक, विनोदी, परिहासशील, सरस, हँसोड़, मसखरा, मजाकिया, ठिठोलिया।

facetiousness n. विनोद, परिहासशीलता, हँसी-मजाक, ठिठोल।

facia n. (दूकानके सामने दूकानदारके नामकी) तख्ती।

facial १. n. (चिकित्साके विचारसे) मुखमर्दन, चेहरेपरकी मालिश; २. a. वक्त्रीय, मुख-सम्बन्धी, मुँह या चेहरेका (~ *artery*); ~ angle वक्त्रकोण, मुखकोण, नथुनेसे कान और मस्तकतक जानेवाली दो रेखाओंसे बना हुआ कोण;
~ expression, ~ nerve, ~ suture.

facies n. (भूगर्भ०) समंजक, विरूपक; मुखमुद्रा।

facile a. शिष्ट, साधु, सज्जन, उदार, विनीत, विनयशील, सरल स्वभाव, सरल प्रकृतिका; सहजप्राप्त, सुकर, सुगम, सहज, सरल, सुप्राप्य, सुसाध्य, सहजसाध्य, आसान, सीधा।

facileness n. सरलता, सुकरता, सुगमता।

facilitate v.t. सुकर बनाना, सुकर करना, सहज करना, सुविधाजनक बनाना, सुसाध्य बनाना, सुगम या सरल बनाना, आगे बढ़नेमें सहायता देना।

facilitated a. सुकरकृत, निर्विघ्न, निर्विघ्नीकृत, सहज।

facilitation n. सुसाध्यीकरण, सुगमीकरण, सरलीकरण।

facility n. सौकर्य, सुकरता, सुविधा, सुगमता, सरलता, निर्विघ्नता, सहूलियत (*give ~ies for, of doing*); कोमलता, लोच, लचक, नरमी, लचीलापन; व्याख्यान आदिमें दक्षता, सहजता, लाघव, कौशल, प्रवाह, क्षिप्रता।

facing n. (FACE[2] क्रियाके अर्थोंमें); किसी दिशामें घूमना; सैनिककी जाकिटके कफ और कालर आदि जिनका रंग जाकिटके शेष भागके रंगसे विभिन्न होता है; दीवालपर विविध पदार्थोंका पलस्तर; मत्था; *put person through his ~s* किसी व्यक्तिके गुण तथा उसकी योग्यता आदिकी परीक्षा करना;
~ point, ~ sand, ~ substance.

facinorous, -nerious aa. आततायी, अत्याचारी, बहुत दुष्ट, बड़ा बदमाश, बड़ा पाजी; बदनाम।

facinorousness n. दुराचार, अत्याचार, अति दुष्टता, बदमाशी; बदनामी।

facsimile १. n. अनुचित्र, अनुलिपि, अनुप्रति, प्रतिरूप, प्रतिकृति, प्रतिलिपि, हूबहू नकल; २. v.t. अनुचित्र बनाना, अनुलिपि करना, प्रतिरूप बनाना, प्रतिलिपि लेना, हूबहू नकल करना; ~ signature चित्र-हस्ताक्षर।

facsimilist n. अनुचित्रकार, अनुलिपिकर्ता।

fact* n. कृति, कार्य (*before, after, the ~*); तथ्य*, सत्य, सच, सचाई (प्रायः व्याख्यात्मक उपवाक्यके साथ, (जैसे *the ~ that fire burns, of my having seen him*); यथार्थता, वास्तविकता, हकीकत (*matter of ~*); तत्त्व, अनुमानकी आधारस्वरूप वस्तु (*his ~s are disputable*); ~ in issue विवाद-तथ्य; *in ~* वस्तुतः।

faction n. दलबन्दी, गुटबन्दी; उपद्रवकारी या सिद्धान्तशून्य दल, पक्ष, गुट; द्वैध, पक्षभेद।

factional a. कलहप्रिय, अराजक, उपद्रवी, सिद्धान्तहीन, दलबन्दी-सम्बन्धी, फसादी।

factionary n. धड़ेबाज, गुटबाज, बलवाई।

factionist n. भेदोत्सर्जक; विरोधवादी।

factious a. पक्षभेदी, भेदकारी, कलहप्रिय, उपद्रवी।

factiousness n. कलहप्रियता, अराजकता, उपद्रवकारिता, सिद्धान्तशून्यता; दलबन्दी, गुटबन्दी।

factitious a. कल्पित, कृत्रिम, बनावटी, खोटा, जाली, नकली।

factitiousness n. कृत्रिमता, बनावट, जाल।

factitive a. पूरक, प्रवर्त्तक; (~ *verb*) द्विकर्मक क्रिया, 'बनाना', 'पुकारना' या 'समझना' के अर्थवाली ऐसी क्रिया जिसको एक कर्म और एक पूरककी अपेक्षा होती है (जैसे, *he thought her mad*)।

factor n. गुणनखण्ड; किसी कार्यका हेतु, साधन; अवयव (~ *analysis*), उपादान, कारण; प्रतिकारक; घटक, कारक; कारिन्दा, गुमाश्ता, आढ़त या दस्तूरीपर क्रय-विक्रय करनेवाला व्यापारी, अढ़तिया; प्रतिनिधि, अभिकर्त्ता, एजेण्ट (*coal ~*)।

factorage n. अभिकर्त्ता या एजेण्टका शुल्क, व्यापारीकी आढ़त या दस्तूरी, आढ़तियेका बट्टा, आढ़त, दलाली, कमीशन।

factorial १. n. उपादानीय; क्रमगुणित; एक पूर्ण संख्या और सभी छोटी पूर्ण संख्याओंका गुणनफल; गुणनफल, समानान्तर श्रेणीमें खण्डोंका गुणनफल; २. a. हत;
~ notation, ~ series, ~ zero.

factorise v.t. गुणनखण्डोंमें विभक्त करना, खण्ड करना, विभाग करना।

factory n. निर्माणी, निर्माणिका, निर्माणशाला, शिल्प-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

गृह, शिल्पशाला, कारखाना, फैक्ट्री; (व्यापारिक कारखाने या कम्पनीका) (विदेशमें) व्यापारिक कोठी या स्टेशन; ~ hand श्रमिक, मजदूर;

~ chimney, ~ cost, ~ division, ~ expense, ~ fumes, ~ laws, ~ load, ~ premises, ~ price, ~ seal, ~ storekeeper, ~ system, ~ wages, ~ wall thermometer, ~ wastes, ~ workers' society.

factotum n. किंकर, विश्वस्त अनुचर या सेवक, स्वामीके सभी कार्योंका प्रबन्ध करनेवाला नौकर; सब प्रकारका काम करनेवाला नौकर, मुख्तार, गुमाश्ता।

factual a. सतथ्य, तथ्यसहित; वास्तविक।

factuality n. तथ्यता, वास्तविकता, यथार्थता।

factum n. (pl. *facta*) स्वकृत्य, कार्य, निश्चय।

facture n. कर्मविज्ञता, कार्यकला, हस्तकौशल, शिल्पकौशल, कारीगरी।

facula n. अतिभा, (सूर्यके अन्दर दिखायी पड़नेवाला एक) चमकदार चिह्न।

facultative a. ऐच्छिक, वैकल्पिक (~ *parasite*)।

faculty n. (किसी भी विशिष्ट कामको करनेकी) शक्ति, क्षमता, योग्यता, कुशलता, कार्यदक्षता, कार्यकौशल; शरीर या अंगकी अन्तर्निहित शक्ति; कार्यकारी क्षमता, प्रबन्धकारी शक्तियोग्यता; अनुज्ञा, अधिकार, किसी कामको करनेकी वैधानिक स्वतन्त्रता; अधिकाय, विद्याविभाग, विश्वविद्यालयका विभाग; (कला या विज्ञानका) प्रभाग; एक प्रकारकी मानसिक शक्ति जैसे, संकल्प, इच्छा, तर्क; (कालेजका) शिक्षकवर्ग, स्टाफ; *the* ~ औषध व्यवसायके सदस्य।

facundity n. वाग्मिता, वाक्पटुता, वक्तृताशक्ति, भाषणकला।

fad n. प्रियसिद्धान्त, मनचली राय, सनक, धुन, झक; तुच्छ विषय।

faddiness, faddishness nn. झक्कीपन, सनकीपन।

faddish, faddy aa. धुनमें मस्त, झक्की, सनकी।

faddism n. धुन, झक, सनक।

faddist n. झक्की आदमी, सनकी आदमी।

fade v.i. & t. (रंग आदिका) विवर्ण होना, मन्द पड़ जाना, पीला हो जाना, उतर जाना, हलका पड़ना, उड़ जाना, फीका होना; क्रमशः लुप्त होना, धीरे-धीरे गायब होना; रंग उड़ा देना, उतार देना; म्लान होना, शुष्क होना, सुखा देना, मुर्दा हो जाना, शिथिल होना, क्षीण होना, मुरझाना, कुम्हला जाना, सूखना, कम होना, मद्धम पड़ना; ~ *in* श्राव्य बनाना, अश्राव्यतासे ऊँचा करना, श्रवणयोग्य करना, सुननेके योग्य बनाना; ~ *out* (पर्देपर) धीरे-धीरे चित्र घुमाना, धीरे-धीरे चित्र हटाना।

faded a. विवर्ण, मन्द, फीका, हलका, मद्धम; म्लान, क्षीण, शिथिल।

fadeless a. अम्लान, सदाबहार, हराभरा।

fadge v. i. एकमत होना, सम्मत होना, सहमत होना; ठीक पड़ना, सज जाना; सफल होना, कामयाब होना।

fading n. म्लानता, विवर्णता, मुरझाहट।

faecal a. विष्ठाका; गादका, तलछटीका, कीटका; ~ matter पुरीष, टट्टी; तलछट।

faeces n. pl. विष्ठा, मल, गूथ, पाखाना, टट्टी; (बहु०) उच्छिष्ट, अवशिष्ट भाग, कीट, गाद, तलछट।

faecula n. = FACULA.

faerie, -ry १. n. अप्सरायें, परियाँ; अप्सराओंकी भूमि, अप्सरास्थान, परियोंका संसार, परीखाना, परिस्तान; २. a. कल्पित, काल्पनिक।

faffle v.i. हकलाकर बोलना, हकलाना।

fag १. n. अरुचिकर कार्य, अप्रिय काम; परिश्रान्ति, क्लान्ति, थकावट (*brain* ~); कठिन श्रम, घोर परिश्रम, सख्त मेहनत; (स्कूलोंमें) बड़ोंकी सेवा करनेवाला छोटा या जूनियर व्यक्ति; (ग्रा०) सिगरेट; २. v. i. & t. श्रान्त करना या होना, क्लान्त करना या होना, थकना, थकाना; घोर कष्ट उठाना, अत्यधिक परिश्रम करना, कठोर मेहनत करना, सख्त तकलीफ उठाना, बेतरह मेहनत करना; (स्कूलोंमें, गुरुजनोंका) छोटोंसे सेवा कराना, छोटोंकी सेवासे लाभ उठाना, बड़ोंका काम करना, छोटोंका बड़ोंकी सेवा करना, काम लेना; ~-end अन्तिम भाग, अन्त, शेष, अवशेष, अवशिष्ट भाग; ~ *out* (क्रिकेट) खेलाना, फील्डिंग करना।

faggery n. कठिन श्रम, घोर परिश्रम; खेलाना, फील्डिंग करना।

fagging n. श्रान्तिदायक कर्म, थकानेवाला काम।

faggot, fagot १. n. काष्ठभार, इन्धनका बोझ, इन्धनका गट्ठर या गट्ठा, लकड़ियाँ, छड़ोंका गट्ठा; यकृत या जिगरका कबाब; २. v.t. & i. इन्धनके गट्ठे बाँधना, गट्ठर बनाना; ~ vote कृतकमत, वह मतदान या वोट जो किसी अयोग्य मतदाताको पर्याप्त सम्पत्ति देकर उसे वोट देनेका अधिकारी बना दे।

fagine n. वल्कीन, करंजके पेड़से प्राप्त एक निद्राकारी औषध।

fagopyrum n. (वन०) कुट्टक, एक जड़ी।

fagotto n. तुरही, शृंगी।

fagraea n. (वन०) स्थूलपर्णी।

fagus n. चिक्कणवल्क, करंजका पेड़।

fahlerz n. ताम्रधातु, कच्चा ताँबा।

Fahrenheit १. n. द्वात्रिंशादि तापमान, हिमांक एवं क्वथनांकके मापके लिए तापमान जिसमें ३२° से लेकर २१२° होते हैं; २. a. तापमापक; तापमानीय।

faible n. प्रवृत्ति, इच्छा, झुकाव; त्रुटि, कमी, ऐब; दुर्बलता, कमजोरी; निर्बल भाग, = FOIBLE.

faience n. सभी प्रकारका मिट्टीका और चीनीमिट्टीका सामान, बर्तन।

fail[1] n. *without* ~ अवश्यमेव, निस्सन्देह, निश्चित रूपसे।

fail[2] v. i. & t. अयोग्य होना, असफल होना; (किसी कार्यको) न कर पाना, विफल होना, पानी फिर जाना; अनुत्तीर्ण होना, उम्मीदवारके रूपमें अस्वीकृत होना;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS.

टाट उलटना, दीवाला निकालना, दिवालिया होना; न्यून होना, अपर्याप्त होना, आवश्यकतासे कम होना, हीन होना, कमी पड़ जाना (*time would ~ me to tell*); अवहेलना करना, उपेक्षा करना; स्मरण न रखना, भूल जाना, चूक जाना (*he ~ed to appear*); समाप्त हो जाना, विनष्ट हो जाना, मृत होना; उत्साह त्यागना, हिम्मत हार जाना, हारकर बैठ जाना, थक जाना; आशाओंपर तुषारापात करना, निराश या हताश करना, कपटपूर्ण सिद्ध होना, आशाओंको तोड़ना (*the wind ~ed us*); *words ~ me* मैं उचित रूपसे व्यक्त नहीं कर सकता हूँ।

failed ⊙ a. असफल; क्रियागत अर्थोंमें।

failing[1] n. (FAIL क्रियाके अर्थोंमें); न्यूनता, अभाव, दुर्बलता, अगुण, त्रुटि, चूक, कमी, कोताही, कमजोरी।

failing[2] prep. यदि न हुआ, न होनेपर (*~ this*); *~ whom* or *whom ~* इसकी अनुपस्थितिमें।

failure n. विफलता, असफलता, चूक; अभाव, घाटा, कमी, घटी, टोटा, टूट; असफल व्यक्ति या वस्तु, निष्फल प्रयत्न; दिवाला, दीवालियापन; ह्रास, क्षीणता, अवसाद, साहसका टूट जाना।

fain[1] pred. a. & adv. कोई और चारा न होनेपर (किसी कामके करनेको) तैयार; परिस्थितिवश (कुछ करने के लिए) उद्यत; इच्छुक; सानन्द, उल्लसित, आह्लादित।

fain[2], **fains, fen(s)** बच्चे 'fains I' शब्दका उस समय प्रयोग करते हैं जब वे किसी कामके करनेसे बचना चाहते हैं (*~ I wicket-keeping !*)।

faineant n. निरुद्योग अधिकारी, सुस्त आदमी, आलसी व्यक्ति, कामचोर अफसर।

faint[1] a. अस्पष्ट, मन्द, धीमा, शिथिल, फीका, पीला, धुँध-सा, धुँधला; भय या भूख आदिसे मूर्च्छोन्मुख, मूर्च्छालु, चकराया हुआ, बेहोश; (वायु, गन्ध आदि) अप्रिय, कठोर, निर्दय, क्रूर, रोग उत्पन्न करनेवाली; शक्तिहीन, निर्बल, कमजोर; भीरु, कातर, डरपोक, बुजदिल; आलसी, धीमा, सुस्त, कामचोर; ~-hearted a. भीरु, कातर, डरपोक, बुजदिल; ~-heartedness n. भीरुता, कातरता, बुजदिली; *a ~ idea* अपर्याप्त विचार, हलका विचार; *~* or *feint lines, ruled ~* or *feint* लिखनेके लिए हलकी लकीरोंवाले (कागज)।

faint[2] १. n. मूर्च्छा, बेहोशी, गश; २. v. i. मूर्च्छित होना, बेहोश होना, गशमें आ जाना (*~ed away*); आत्मसमर्पण करना, झुक जाना, डर जाना, हिम्मत हारना, नामर्दी दिखाना, बुजदिली दिखाना; *in a dead ~* मूर्च्छित, अचेत, बिलकुल बेहोश।

faintish a. अस्पष्ट-सा; भयभीत-सा, कातर-सा; मूर्च्छित-सा; आलसी-सा।

faintness n. मूर्च्छा, बेहोशी; भय, कातरता, बुजदिली; अस्पष्टता, धुँधलापन।

fair[1] n. हाट-बाजार, पैठ, मेला, गुदड़ी, नुमाइश; *a day after the ~* बहुत विलम्ब, बहुत देर बाद; ~ area, ~ committee, ~ duty, ~ notice, F~s Law.

fair[2] १. v. i. & t. अनुकूल होना, अच्छा होना; (जहाज, गाड़ी आदि) अच्छा बनाना, सुथरा बनाना, साफ बनाना, चिकना बनाना; (दस्तावेज आदिकी) निर्दोष प्रतिलिपि बनाना; २. a. निर्दोष, निष्कलंक, स्वच्छ, निर्मल, साफ (*~ weather*), सुथरा, बेदाग (*~ water*); न्याययुक्त, यथावत्, यथायोग्य, उचित, निष्पक्ष, न्याय-संगत, न्याय्य, न्यायी; सन्तोषजनक, ठीक, अधिक, बहुत (*a ~ heritage*); बाह्यतः युक्तिपूर्ण (*~ speeches*); मनोहर, सुन्दर, खूबसूरत, अच्छा; गोरा, गौरवर्ण, गेहुँए रंगका (*a ~ man*); लाभप्रद, लाभदायक; अबाध, निर्बाध, बेरोक; सज्जन, नेक, भला; ऋजु, सरल, सीधा ⊙; आशाजनक, होनहार; साधारण कोटिका, मामूली, काफी अच्छा, औसत दर्जेका; a *~* स्त्री, नारी, औरत; *~* & square ईमानदार; ~-haired a. भूरे बालोंवाला; ~-play निरपेक्ष व्यवहार, साम्य व्यवहार, न्यायपूर्ण व्यवहार, ईमानदारी; ~-seeming बाह्यतः न्याय्य; ~-spoken स्पष्टवादी; *~* trade पारस्परिक मुक्त वाणिज्यका सिद्धान्त; *~* way जहाज चलने योग्य समुद्री मार्ग, निर्विघ्न मार्ग; गाफके मैदानके निर्बाध मार्ग; *~* weather friends स्वार्थी मित्र, अच्छे समय-के साथी; the *~* sex, the *~* स्त्री, महिला, औरत; *all's ~ in love and war* लड़ाई और प्रेममें सब कुछ उचित है; *by ~ means* निरुपद्रव, निष्कपट, बिना उपद्रव किये, बिना उत्पात या बदमाशी किये, बिना धोखा किये, ईमानदारी तथा सचाईके साथ; *~ without, foul within* मुखमें राम बगलमें छुरी, ऊपरसे राम-राम भीतर कसाईका काम; *in a ~ way to succeed* सफलताके निकट;

~ assessment, ~ average, ~ bid, ~-breasted, ~-browed, ~ cash value, ~-cheeked, ~-coloured, ~ comment, ~ competition, ~-complexioned, ~ copy, ~ curve, ~ day, ~ dealing, ~ duty, ~ estimate, ~-faced, ~-featured, ~ fluency, ~-fronted, ~ ground, ~ head, ~-hued, ~ knowledge, ~ letter, ~ measure, ~-natured, ~ offer, ~ percentage, ~-priced, ~-price shop, ~ quality, ~ rent, ~ report, ~ returns, ~ sale, ~ selling price, ~-sized, ~-skinned, ~ trade, ~ trial, ~ valuation, ~ volume, ~ wages, ~ weather.

fair[3] adv. स्वच्छ, निर्मल, सीधा, सीधे नीचे गिरता हुआ; *~-spoken* विनीत, मृदु, नम्र, मिलनसार (ढंगसे); *~ and softly* सरलतासे, धीरे-धीरे; *hit, fight, ~* सिद्धान्त या नियमके अनुसार लड़ना, धर्मयुद्ध लड़ना; *write out a ~ copy* स्पष्ट लिखना, साफ लिखना, शुद्ध प्रतिलिपि तैयार करना।

fairing n. मेलेमें खरीदा गया उपहार, प्रसाद, सौगात,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

भेंट, तोहफा; =STREAMLINING.

fairish a. मध्य श्रेणीका-सा, काफी अच्छा-सा।

fairly adv. बहुत कुछ।

fairness n. निष्कलंकता, निष्पक्षता, स्वच्छता, निर्मलता, न्याय्यता, न्यायसंगति, शोभा, चारुता, सौन्दर्य, गोराई।

fairy १. n. परी; सुन्दर बालिका; २. a. अप्सराओंसे सम्बन्धित, परियोंका; काल्पनिक, कृत्रिम, कल्पित, बनावटी; अप्सराओंके सदृश, सुन्दर, मनोहर, कोमल, नरम, मुलायम, छोटा-सा, नन्हा-सा, नाजुक, परियों जैसा; ~ godmother कृपालु मित्र; ~ lamps, मायानगर, माया, शीशेका चिराग, तिलिस्म, जादू; ~land गन्धर्वलोक, परियोंका प्रदेश, परीलोक, परिस्तान; ~-ring हरिवलय, गहरे रंगकी घासका गोल धब्बा जिसके विषयमें कहा जाता है कि परियोंके नाचसे पैदा हो जाता है; ~ tale अद्भुत घटना, मिलाप आदिका विचित्र वर्णन, परियोंकी कहानी, परियोंका किस्सा।

fairydom n. गन्धर्वलोक, परिस्तान।

fairyhood a. अप्सरापन, परीपन, परिस्तानीयत।

fairyism n. परियोंमें विश्वास।

faith n. भक्ति, श्रद्धा, निष्ठा; धर्म, मत, दीन (*the Christian ~*); विश्रम्भ, प्रत्यय, विश्वास, (प्रमाणपर आधारित) प्रतीति, भरोसा, एतबार; प्रमाण, विश्वसनीय वस्तुएँ, निश्चय (*on the ~ of*); वचन, वादा, करार (*give ~*); अनुरक्ति; विश्वासपात्रता, सत्यसन्धता, ईमानदारी; *bad ~* असद्भाव, दुर्भाव, कपटपूर्ण भाव; blind ~ अन्धविश्वास, लकीरका फकीर; ~ cure, ~ curer, ~ healing, ~ healer विश्वासकी दवा, प्रार्थना द्वारा चिकित्सा, विश्वासकी दवा करनेवाला; punic ~ विश्वासघात, मक्कारी, गद्दारी; the ~ सच्चा धर्म; *~ moves a mountain* मन चंगा तो कठौतीमें गंगा; *good ~* सद्भाव, शुद्धमति, सद्विश्वास; *pin one's ~ to* or *upon* बिना सन्देहके विश्वास करना, बिना किसी हिचकके विश्वास करना।

faithful a. श्रद्धालु, निष्ठावान्; विश्वसनीय, भरोसेके योग्य; यथार्थ, यथातथ्य, ठीक-ठीक, सही; भक्त, विश्वासपात्र, वफादार; निश्चल, दृढ़, अडिग; धर्मी, विवेकी, पुण्यात्मा, शुद्धमति, ईमानदार, सच्चाईके साथ काम करनेवाला, सच्ची नीयतसे काम करनेवाला; Father of the ~ खलीफा; the ~s (बहु०) अनुयायी।

faithfully adv. (विशेषणके अर्थोंमें); श्रद्धापूर्वक, सद्हृदयेन; *deal ~ with* यथातथ्य कह देना, सच्ची-सच्ची बात कह देना, खरी बात कह देना; *promise ~* (बोल०) पक्का वादा करना।

faithfulness n. निष्ठा, श्रद्धा, विश्वास्यता, भक्ति, अनुरक्ति, ईमानदारी, वफादारी।

faithless a. अप्रत्ययी, अविश्वासी; श्रद्धाहीन, अनिष्ठावान्, अभक्त, धर्महीन, विश्वासघातक, कपटी, बेईमान, गद्दार।

faithlessness n. अप्रत्यय, विश्वासघात, अश्रद्धा, अभक्ति, अविश्वास, बेईमानी।

faitor n. (प्रायः *faitour*) वंचक, कपटी, प्रतारक, छली, ठग, धोखेबाज।

faix int. सचमुच! धर्मसे!

fake[1] १. n. गेंड़रीका एक चक्कर, लपेट; २. v.t. (रस्सीकी) गेंड़ुरी बनाना, लपेटना।

fake[2] n कपट, छल, गढ़ी हुई चीज, धोखा, मरम्मतकी हुई वस्तु, चालबाजी, बनावटी झूठी चीजें, जाली सामान।

fakement n. छल, कपट, धोखा, जाल, मरम्मत।

faker n. कपटी, जालसाज, जाली सामान बनानेवाला।

fakir, faquir n. साधु, सन्त, भिखारी, फकीर।

Falangist n. स्पेनके फासिस्ट गुट्टमें विश्वास रखनेवाला।

falbala n. काट-छाँट, कटाई; झालर, लटकन।

falcate a. वक्र, हँसियाके आकारका, टेढ़ा।

falcated a. दात्राकार, हँसियाके आकारका, वक्र (चन्द्रमा आदि)।

falchion n. चन्द्रहास, वक्रखड्ग, चौड़ी टेढ़ी उन्नतोदर कृपाण, तलवार, तेग, हँसियाके आकारकी तलवार।

falciform a. दात्ररूप, हँसियाके आकारका।

falcon n. श्येन, शशादन, शिकरा, बाज।

falconer n. श्यैनिक, श्येनजीवी, श्येनशिक्षक, श्येनपालक, बाजको पालने या सिखानेवाला; बाजकी सहायतासे शिकार करनेवाला।

falconet n. क्षुद्र श्येनजातिका पक्षी, एक प्रकारका पक्षी जिसकी चोंच आगेसे मुड़ी हुई होती है; छोटी तोप, हलकी तोप।

falconry n. श्येनपालन, श्येनशिक्षा, बाजके पालनेकी विद्या, बाजको सिखलानेकी कला।

falculate a. क्षुद्रदात्ररूप, छोटी हँसियेके आकारका।

faldage n. प्राचीन सामन्तोंका एक विशेष खादाधिकार।

falderal n. निःसार पदार्थ, अल्पमूल्यकी वस्तु, खिलौना, दिखावटी चीज, टीपटापकी चीज; (संगीत) निरर्थक आलाप।

faldstool n. पूजाका आसन, चौकी जिसपर बैठकर गिरजाघरमें प्रार्थना की जाती है; घुटने टेकनेके लिए एक तिपाई या चौकी; प्रधान पादड़ीकी बैठनेकी कुर्सी।

fall[1] v. i. भूमिपर मुँहके बल गिर पड़ना, औंधा जाना, आत्मघात करना, (*~ prostrate; ~ on one's sword*); पतन होना, नष्ट हो जाना, बर्बाद हो जाना; घटना, कम होना, उतरना, गिरना (*barometer, prices ~*); झुकना, ढलुआ होना; (नदीका) समुद्र आदिमें गिरना; उखड़ जाना, टूटकर अलग हो जाना, लटक जाना, लटकते रहना; (नदी आदिकी बाढ़का) घटना, कम होना; शिथिल होना, लटकना, झुकना (*eyes ~*); भय प्रकट करना, उद्विग्नता दिखाना (*faces ~*); उच्च स्थानसे च्युत होना, प्रभाव खो देना, नीचे आना, शान खो बैठना (*statesmen ~*); गिरना, उतरना (*the remark fell from him*); यकायक टूट पड़ना, झपटना (*vengeance fell*); (किसी तिथिपर) घटित होना (*Easter ~s early*;) क्रममें आना (*what*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

now ~s to be described); अचानक आ जाना, आ पड़ना, आ टपकना (*the lot fell upon me*); किसी स्थानपर होना या पड़ना, किसी दिशामें रहना (*his eyes fell upon me*); लौट आना, फिर उसी स्थानपर आना, पलटना, वापस आना (*revenues ~ to the crown*); किसी दशा, अवस्था या परिस्थितिमें होना, (*fell into a rage*), इस-इस प्रकार हो जाना, होना; ~ *aboard of* टकराना, भिड़ जाना; ~ *across* आ मिलना, अकस्मात् मिलना; ~ *away* खिसकना, अवनतिकी ओर जाना, मिट जाना, ढह जाना; घुन लगना; अपना धर्म त्यागना; विद्रोह करना, गद्दारी करना, बगावत करना; त्याग देना, छोड़ना, फिर जाना; ~ *back* पीठ दिखाना, पिछड़ना, मैदान छोड़ना; ~ *back upon* आश्रय लेना, शरण लेना, सहारा ढूँढ़ना; ~ *behind* पीछे रह जाना, पीछे छोड़ दिया जाना; ~ *down*⊙ शोकार्त होना, दुःखी होना; ~*en angel* स्वर्गच्युत दूत, स्वर्गसे निष्कासित देवदूत; ~*en on evil times* विपत्ति आना, दुर्भाग्य होना, बुरे दिन आना; ~ *flat* प्रभावहीन होना; ~ *for*⊙ सौन्दर्यपर अनुरक्त होना, मुग्ध होना, किसीके गुणोंपर आसक्त होना; ~ *foul of* आक्रमण करना, झगड़ा करना, झंझट करना, टकरा जाना, टक्कर खाना, भिड़ जाना; ~ *from* बिछुड़ना; ~ *in* पंक्तिमें आना, पंक्तिमें खड़ा करना, पंक्तिमें खड़ा होना; (भूमि आदिका) प्राप्य होना, पानेके योग्य होना, मिल सकना; (किरायेका समय) समाप्त हो जाना; (ऋण आदिको) देनेके योग्य होना, अदा करनेके योग्य होना; (भवन आदिका) अन्दरकी ओर झुक जाना, फट जाना, धँस जाना, दरार हो जाना; ~ *into* (*lines*) पंक्तिबद्ध होना, पंक्तिमें खड़े होना; ~ *in with* (किसी व्यक्तिसे) सहमत होना; (विचारोंको) स्वीकार करना, मान लेना; संयोगवश भेंट हो जाना, अचानक मिल जाना; अपने आपको ढाल लेना, सहमत होना, ठीक-ठीक होना, उपयुक्त होना, टकराना; ~ *off* (प्रजाओंका) विद्रोह करना, बगावत करना; (जहाजका) पतवारके नियन्त्रणसे निकल जाना; पतित होना, भ्रष्ट होना, कम होना, घट जाना; अलग हो जाना, झड़ जाना, रह जाना, साथ छोड़ना, हाथ हटा लेना, वापस होना; ~ *on* भोजनपर टूट पड़ना, गिरना; युद्धमें भाग लेना; ~(*up*) *on* आक्रमण करना, धावा बोलना, चढ़ाई करना; ~(*up*) *on* one's *feet* or *legs* आपत्तिसे बच जाना, कठिनाईसे बच निकलना; ~ *out* पंक्ति छोड़ देना, अलग होना; अच्छा परिणाम होना, घटित होना, हो जाना; लड़ना, लड़ पड़ना, झगड़ पड़ना; ~ *out of* परित्याग करना, छोड़ देना; ~ *over* (के ऊपर) स्खलित होना, लड़खड़ाकर गिरना; ~ *short* अपर्याप्त होना, कम होना, घट जाना; (बाण या तीरका) लक्ष्यतक न पहुँचना; ~ *short of* प्राप्त करनेमें असफल होना, न पा सकना; ~ *through* निष्फल होना, असफल रहना; ~ *to* प्रारम्भ कर देना; ~ *under* किसी वस्तुका पात्र या विषय बनाया जाना, किसी प्रकारके विभाजन या श्रेणीमें आना; ~ *upon* चढ़ाई करना, भिड़ना, पड़ना; ~ *within* सम्मिलित किया जाना, अन्तर्गत होना; *fortress ~s* दुर्ग या किलेपर अधिकार हो गया, किला ले लिया गया; *houses* ~ घर ढह गये, चूर-चूर हो गये; *lambs* ~ मेमने जन्म लेते हैं, पैदा होते हैं; *plans ~ to the ground* योजनाएँ असफल होती हैं, योजनाएँ छोड़ दी जाती हैं; *wicket ~s* (क्रिकेट) बैटिंग करनेवाला खिलाड़ी आउट हो गया; *woman ~s* स्त्री सतीत्व खो बैठती है।

fall*[2] n. पात, पतन*, अवपात, गिराव; अवरोह, ढलान; स्त्रियोंका एक प्रकारका बुरका, पर्दा; लोभमें फँसाव, लालचका शिकार हो जाना; कटी हुई लकड़ीकी मात्रा; आँकड़ेके ऊपरसे खींची जानेवाली रस्सी; कुश्तीका एक दाँव, इस दाँवका प्रयोग (*try a* ~ शा० एवं ला०); (प्रायः बहु०) जलप्रपात, झरना, झाल, चश्मा; झोल, मेमनोंकी संख्या; (~ *of the year* or *leaf* भी) शिशिर ऋतु, पतझड़⊙; *one wrong step may give you a* ~ बूँदका गया हौजसे नहीं आता;

~-board, ~ due, ~fish, ~ frost, ~-plough, ~-sow, ~time, ~-trap, ~way.

fallable a. पतन योग्य, अवरोहणीय।

fallacious a. भ्रान्तिकारी, भ्रमजनक, भ्रामक, भ्रान्तिमय, आभासी, आभासिक, हेत्वाभासिक, मिथ्या, तर्कहीन।

fallaciousness n. माया, भ्रान्ति, भ्रामकता, अतार्किकता, तर्कहीनता।

fallacy n. भ्रान्ति, भ्रम, छल, धोखा, गलती; (तर्कों या विश्वासोंका) फेर, भुलावा; नैराश्य, निराश, निराशापूर्णता; कपट, भ्रमजाल; तर्कहीनता, अतार्किकता, भ्रमजनक तर्क, भ्रान्तिमय या भ्रामक तर्क; आभास, पक्षाभास, हेत्वाभास (तर्कशास्त्रमें); वाक्छल, मिथ्या ज्ञान, मिथ्या वाद।

fallal n. आडम्बर, सजधज, टीपटाप।

fallal(l)ery n. आडम्बर, सजधज, टीपटाप।

fallen p.p. of FALL.

fallibility n. भ्रमशीलता, भ्रमपात्रता, स्खलनशीलता।

fallible a. भ्रान्त, भ्रमशील, स्खलनशील, पतनशील. मोघ, चूकनेवाला, भूल करनेवाला।

falling a. पतनशील, गिरता हुआ; ~ sickness अपस्मार रोग, मिरगी; ~ star उल्का; ~ weather⊙ पावस, वर्षाकाल; ~ over⊙ अति क्षिप्रतासे, बड़ी तेजीके साथ।

fallow[1] १. n. अनुप्त भूमि, ऊसर, परती, बंजर भूमि; २. v.t. बोनेके लिए परती तोड़ना, घास मोथा तोड़नेके लिए जुताई करना; ३. a. अनुप्त, अकृष्ट, ऊसर, बिना जोती-बोयी हुई; परती, जोतकर तथा हेंगा देकर सालभरके लिए बिना बोये हुए छोड़ी हुई; ~finch गेहूँकी बाली; green ~ वह परती या बंजर भूमि जिसको शलजम या घास आदिसे साफ करते हैं।

fallow[2] a. आरक्त, हलका लाल, हलका भूरा, कुछ ललाई लिये हुए पीला; ~ deer चिकारा, एक प्रकारका

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

हिरण जो रक्तहिरणसे छोटा होता है।

fallowness n. अनुर्वरत्व, अकृष्टता, ऊसरपन।

false* a. & adv. अयथार्थ, अशुद्ध, अतथ्य, गलत (~ *idea*); भ्रमात्मक, भ्रमपूर्ण, कूट, भ्रमोत्पादक (~ *mirror*); कृत्रिम, अवास्तविक, खोटा, जाली, बनावटी, नकली (~ *coin, face*); मिथ्या*, असत्य, कपटी, कपटपूर्ण, धोखेबाज, मिथ्याभाषी, झूठा*; बनावटी, कल्पित; ~ bottom मिथ्या तल; जहाजका अनावश्यक या आकस्मिक पर्दा; ~ colours मिथ्याध्वज, अनधिकृत ध्वज, जाली झण्डा (जिसके प्रयोग करनेका अधिकार न हो); ~ concord व्याकरणके (वचन, लिंग, कारक, पुरुषसम्बन्धी) संगतिनियमका उल्लंघन; ~ imprisonment अकारण या अवैध कारावास; ~ position (सिद्धान्त-विरुद्ध आचरण करनेके लिए) बाध्य करनेवाली परिस्थिति, अनवस्था; अड़चन; ~ pride, shame मिथ्याभिमान, मिथ्यालज्जा; ~ quantity छन्द या उच्चारणमें स्वरकी अशुद्धतापूर्ण दीर्घता; ~ start दौड़का नियमविरुद्ध प्रारम्भ; ~ step उल्लंघन, लड़खड़ाहट, भूल, गलती; *play person* ~ कपट करना, किसीके साथ विश्ववासघात करना, धोखा देना; ~ account, ~ accuracy, ~ accusation, ~ alarm, ~ analogy, ~ assumption, ~ balance, ~ balance sheet, ~ bank-note, ~ baseline, ~ charge, ~ claim, ~ conception, ~ copy, ~ document, ~ entry, ~ evidence, ~ fertilization, ~ fruit, ~ image, ~ impression, ~ information, ~ keel, ~ light, ~ measure, ~ notions, ~ ore, ~ palate, ~ personation, ~ planning, ~ pretence, ~ property mark, ~ return, ~ ribs, ~ ring, ~ roof, ~ rumour, ~ sandalwood, ~ sarsaparilla, ~ shame, ~ signal, ~ statement, ~ swearing, ~ tissue, ~ token, ~ trade description, ~ trademark, ~ vocal cords, ~ weight.

flatus n. वात, अपानवायु, फुसकी, पाद, गन्दी हवा।

flatwise a. चित, चौड़ाईके बल।

flaught n. उड्डयन, उड़ान, फड़फड़ाहट।

flaught[1] n. फड़फड़ाहट, फड़फड़ाते समयकी कँपकँपी।

flaught[2] v.t. = FLUTTER.

flaunt १. n. अभिमान, दर्प, दम्भ, अकड़, तड़क-भड़क, शान, शेखी; २. v.t. & i. साभिमान झूमना, घमण्डसे हिलना, अभिमानमें चूर होना; अपनी तड़क-भड़क दिखाना, इठलाना, अकड़ना, अपनी शान दिखाना, शेखी मारना।

flaunter n. दम्भी, अकड़बाज, शेखीमार।

flaunting a. उद्धत, सुभगमानी, शेखीमार, घमण्डी।

flaunty a. उद्धत, तड़क-भड़क वाला, भड़कीला, अक्कड़बाज, ऐंठू, शानवाला, शेखीबाज।

flautist n. वंशीधर, मुरलीधर, बाँसुरीवाला, बाँसुरी बजानेवाला।

flaver n. वन्य यविका, जई।

flaveria n. पीतिका, पीलिया रोग; पीलिया पौधा।

flavescent a. (वन०) ईषदापीत, कुछ-कुछ पीला।

flavic a. पिंगिक, पीला।

flavid a. स्वर्ण-पीत, सुनहरी पीला।

flavin n. पिंगि, घावके मवाद आदिसे बचा लेनेवाली दवा; पीला रंग जो बलूतके वृक्षसे बनाया जाता है।

flavorous a. स्वादिष्ट, सुवास, सुस्वादु, स्वादु, सुरस, रसदार, मजेदार।

flavour १. n. सुगन्ध, विशिष्टस्वाद, गन्ध और स्वादकी मिश्रित भावना या संवेदना, गन्ध, सुवास, बास, महक, खुशबू, आस्वाद, रस, मजा, लज्जत; २. v.t. किसी वस्तुमें विशेष स्वाद या रस उत्पन्न करना; बास लाना।

flavoured a. वासित, सुवासित, सुगन्धित, स्वादु, सुरस, स्वादिष्ट, मजेदार।

flavouring a. & n. स्वादिष्ट बनानेका (मसाला), सुवासित करना; सुवासकारी।

flavourless a. अस्वाद, निःस्वाद, वासहीन, नीरस, विरस, अरस, रूखा, बेमजा, बेलज्जत।

flavoursome a. = FLAVOROUS.

flaw[1] १. n. त्रुटि, दोष, अपूर्णता, न्यूनता, कमी, खोट, ऐब; रन्ध्र, भेद, छिद्र, दरार; (कानून) कलंक, दोष; २. v.t. & i. दोष उत्पन्न करना, बिगाड़ देना, ऐब या खोट पैदा करना; चटकाना, फोड़ना, दरार डालना, चीरना।

flaw[2] n. प्रभंजन, चण्ड वात, हवाका झोंका, थोड़े समयका तूफान, थपेड़ा।

flawless a. निर्दोष, अपूर्णताशून्य, बेऐब, बेदाग, निष्कलंक, बेकसर; नीरन्ध्र, निश्छिद्र, बिना दरारका।

flawlessness n. निर्दोषता, निष्कलंकता; नीरन्ध्रता, निश्छिद्रता।

flax n. उमा, तीसी या सनका पौधा जिसके फूल नीले होते हैं, कताँ, पटसन, पटुआ; उसी प्रकारके अन्य पौधे; सनका बना कपड़ा, लिनेन; सनके रेशे; ~-seed उमाबीज, अलसी; ~ blue, ~ comb, ~-dresser, ~ flower, ~-mill, ~ netting, ~-weed.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

flaxen a. पटुए या सनका बना हुआ, सनीला; (बालका) काही रंगका पीला, बिना साफ किये हुए सनके रंगका, भूरा।

flaxy a. उमावत्, ऊर्णाजिनसदृश, हलके रंगके सन जैसा।

flay v.t. छाल या छिलकेको निकाल लेना, उतारना, छीलना; चर्मापनयन करना, चमड़ा निकाल लेना, उतार लेना, उधेड़ लेना, चमड़ा उतारना, खाल खींचना; छाँटकर ठीक करना, कतर-ब्योंत करना; (ला०) समालोचना करना, कटु आलोचना करना; लूट लेना, बर्बाद कर देना, खाल उतारना।

flayer n. चर्मनिष्कर्षक, चर्मापनयनकर्ता, चमड़ा उतारनेवाला, खाल-उधेड़, पिशाच।

flea n. पिंशु, देहिका, पिस्सू; तुच्छ, घृण्य तथा अल्प जीव या प्राणी, छोटा-सा जानवर; ~bane पिंशुद्रु, पिस्सूमार घास; ~-bite (शा० एवं ला०) दबौड़ा, लाल चकत्ते; बिलकुल साधारण या हलकी बात; थोड़ी असुविधा या व्यय; ~-bitten पिस्सूका काटा हुआ; हलका, नीच, कमीना; ~wort इसबगोल; *send* one *away with a ~ in his ear* झिड़की देकर या डाँटकर किसीको निरुत्तर कर देना, किसीकी हँसी उड़ाना।

fleam n. घोड़ेका नश्तर।

fleche n. (स्था०) वृत्तशिखर, चक्करदार गोल मीनार।

fleck १. n. कण, परमाणु, बिन्दु, छोटा-सा टुकड़ा; धब्बा, (चामपरका) चकत्ता, झाईं, दाग, चित्ती; २. v.t. चित्र-विचित्र करना, विभिन्न रंगोंसे रँगना, धब्बा या दाग डालना, चितकबरा बनाना, चित्ती डालना, चकत्ता डालना।

flecker v.t. रंगोंके दाग डालना, जगह-जगह चित्ती डालना; चित्र-विचित्र करना, रंग-बिरंगा करना, विभिन्न रंगोंसे रँगना, चितकबरा करना।

fleckless a. साफ-सुथरा, चिकना-चुपड़ा, बिना धब्बे या चकत्तेका।

flection n. =FLEXION.

fled p.t. of FLEE.

fledge v.t. पक्षयुक्त करना, उड़नेके योग्य बना देना, डैने लगाकर सुसज्जित करना, परोंसे सजाना, परदार करना, पंख लगाना।

fledged a. पक्षयुक्त।

fledgeless a. पक्षविहीन, बिना पर या पंखका।

fledg(e)ling n. अनुभवहीन व्यक्ति, पट्ठा, बच्चा; पक्षिशावक, छोटी चिड़िया, चिड़ियाका बच्चा।

flee v.i. एकाएक भाग जाना, पाससे उठकर चल देना, फरार होना, रफूचक्कर होना; पलायित होना, पीठ दिखाना, कतराना, भाग जाना; लुप्त हो जाना, गुम हो जाना, चले जाना, गायब हो जाना; त्यागना, बचना, छोड़ना, परहेज करना; समाप्त होना।

fleece १. n. मेषलोम, ऊर्ण, ऊन, पशम, भेड़का ऊन जो एक ही बारमें काटा जाये; ऊर्णावरण, ऊनी या सूती रेशेकी पतली और बारीक चादर; सफेद ऊनकी तरहकी कोई वस्तु, सफेद बादल, गिरती हुई बरफ आदि; सरके उलझे या घने बाल; २. v.t. (क्व०) ऊर्णा लवन करना, ऊन कतरना, भेड़ मूँड़ना (ला० भी); आच्छन्न होना, ढक जाना (*sky ~d with clouds*); (ला०) धन या सम्पत्ति आदिसे वंचित करना, छीन लेना, उड़ा लेना, मूस लेना, ठगना, लूटना, खसोटना।

fleeceable a. ऊन कतरने योग्य, बाल काटने योग्य; अपहरणीय, लूटने-पाटने योग्य।

fleeced a. जिसका ऊन काट लिया गया हो, बालकतरा; जो हिम या मेघ आदिसे आच्छन्न हो।

fleeceless a. ऊर्णावरणहीन, ऊन या रोवाँरहित।

fleecer n. ऊर्णालवक, ऊन कतरनेवाला; लुण्ठक, लुटेरा।

fleech v. i. & t. (स्कॉट०) चाटुकारी करना, मिथ्या प्रशंसा करना, चापलूसी करना; अनुनय करना, घिघियाना।

fleeching, fleechment nn. चाटूक्ति, चाटुकारी, चापलूसी; अनुनय, चिरौरी।

fleecy a. बहुलोम, ऊर्णावृत्त, लोमाच्छादित, लोमावृत्त, लोमसदृश, लोमश, पशमी, रोएँदार, ऊन या बालवाला, ऊन-सा।

fleer १. n. उपहास, तिरस्कार, अवज्ञा; उपहासात्मक दृष्टि या वचन, हँसी-मजाक; २. v. i. उपहास करना, अवज्ञापूर्वक हँसाना, मुँह बनाना, मुँह चढ़ाना, चिढ़ाना, बोली मारना, हँसी उड़ाना, आवाज कसना, मजाक उड़ाना।

fleet[1] n. नौकासमुदाय, पोतसमूह, पोतावली, नौगण, नौसमूह, नौसेना; विमानसमूह, वायुयानोंका एक झुण्ड या दल; युद्धपोतोंका समूह (जो एक ही पोताध्यक्षके अधिकारमें हो), जहाजी बेड़ा (कई जहाज या नावें जो एक साथ समुद्री यात्रा करती हैं); रणपोतसमूह; *the ~* नौसेना।

fleet[2] n. आखात, खाड़ी, समुद्र या नदीकी शाखा जो स्थलकी ओर घुसी हो; F~ Street लन्दनकी सम्पादन-कला, पत्रकार-कला (का प्रतीक)।

fleet[3] v. i. उड़ जाना, तेजीसे बढ़ना, चलना; नौ-दो ग्यारह होना, भाग जाना, चम्पत होना, चल देना, चुपकेसे खिसक जाना, रफूचक्कर होना, फरार होना, खिसक जाना; क्षणभंगुर या अस्थायी होना, चलायमान होना, लुप्त या गायब हो जाना, सरक जाना, चुपकेसे सटक जाना, गुम हो जाना।

fleet[4] a. (का०) द्रुत, द्रुतगामी, शीघ्रगामी, वेगशील, वेगवान्, चुस्त, फुर्तीला, तेज (*~ as the wind*)।

fleet[5] a. & adv. कम, थोड़ा गहरा, छिछला, उथला (पानी); कम गहराईमें, थोड़ी गहराईमें (*plough or sow ~*)।

fleeting a. क्षणिक, क्षणभंगुर, अध्रुव, चंचल, अस्थायी, द्रुतगतिसे खिसकनेवाला।

fleetness n. तीव्रता, वेगवत्ता, द्रुतगामिता, वेगशीलता, चुस्ती, फुर्तीलापन, तेजी।

flemish v. i. (शिकारी कुत्तेका) शिकार ढूँढ़ते समय पूँछ और शरीरका कँपाना, हिलना-डुलना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

flench, flinch, flense v.t. (ह्वेल मछलीको) टुकड़े-टुकड़े करना, काटना; समुद्री जीव या सीलका चमड़ा निकालना, खाल उतारना।

flesh[1] n. आमिष, मांस, गोश्त; मोटापन, मोटापा, मोटाई, चरबी; मानव शरीरका दृश्यमान धरातल, शरीर, देह; फल या पौधेका गूदा; विषयसेवा, विषयासक्ति, लैंगिक क्षुधा, ऐन्द्रिय बुभुक्षा; इन्द्रियोंकी पिपासा; (मछली और कभी-कभी मुर्गियोंको छोड़कर अन्य) जानवरोंके पुट्ठे और नसें (*~ feeding*); ~-colour मांसवर्ण, लोहित, रक्तपीत, कुछ-कुछ गुलाबी रंग; ~-fly मांसभक्षी; मक्खी जो गोश्तपर बैठकर अण्डे देती है; ~-monger आमिष-विक्रेता, मांस-विक्रेता, मांसव्यापारी; ~ ochre पीतातिरक्त; ~-pots ऊँची रहन-सहन; ~-tights मांसवर्णवाली चुस्त पोशाक; ~-wound ऐसा घाव जिसका प्रभाव मांसके ऊपर-ऊपर हो, हलका घाव; ~ and blood १. n. मानव प्रकृति या स्वभाव, मानव-देह; शरीर और उसके द्रव्य; २. a. अकाल्पनिक, लौकिक, भौतिक, वास्तविक रूपमें जीवित; *in the ~* जीवितावस्थामें, शरीररूपमें, जीता-जागता; *lose, put on, ~* क्षीण होना, पतला होना; मोटा या स्थूल होना; *one ~* एकजान, जुटा हुआ;

~-broth, ~-brush, ~-hook, ~ pink, ~-pot, ~ red, ~ tissue.

flesh[2] v.t. मांसपर पहले पहल तलवार आदिका प्रयोग करना; वधकी दीक्षा देना, आदी बनाना, सिखाना; (शिकारी कुत्ते आदिको) शिकारके लिए उद्यत करना, खून खौलाना, उत्तेजित करना, उसकाना; (सफलताकी पूर्ण आशा देकर) प्रोत्साहित करना, प्रज्वलित करना, भड़काना।

fleshed a. मांसल; गोर्दल, पुष्ट, मोटा।

flesher n. कसाई, बूचड़।

fleshings n. मांसके रंगसे मिलते-जुलते रंगका चुस्त रेशमी वस्त्र (जो रंगमंच आदिपर पहना जाता है ताकि दर्शक यह समझें कि अभिनेता नंगा है)।

fleshless a. मांसहीन, अपुष्ट, पतला, दुबला, कमजोर।

fleshliness n. ऐहिकता, विनाशशीलता, नश्वरता, लौकिकता, सांसारिकता, विषयासक्ति, इन्द्रियपरायणता, कामुकता, इन्द्रियलोलुपता; स्थूलता, मांसलता, फुलावट, मोटापा।

fleshly a. ऐहिक, विनाशशील, नश्वर, लौकिक, सांसारिक, दैहिक, शारीरिक, शरीरी, अपारलौकिक; इन्द्रियपरायण, विषयी, इन्द्रियलोलुप, विषयासक्त, कामुक, कामी।

fleshy a. आमिषसदृश, मांसवत्, मांसकी तरह; (पौधा या फल) गोर्दमय (*~ layer*), गुदार, गूदादार; मांसल, स्थूल, पुष्ट, पीवर, मोटा, मोटा-ताजा, भारी, तैयार; अस्थिहीन, मांसविषयक, मांससे सम्बन्धित, बिना हड्डीका;

~ axis, ~ colour, ~ layer, ~ scales, ~ wild vine.

fletch v.t. तीरमें पर लगाना।

fletcher n. तीरमें पर लगानेवाला, तीर बनानेवाला।

fleur-de-lis, flower-de-luce n. (एक० या बहु०) फ्रांस देशके राजकीय अस्त्र-शस्त्र, हथियार; फ्रांसका राजवंश, राजपरिवार, फ्रांस; राजचिह्न, उच्चकुलों एवं सम्राटोंका चिह्न, राजमारका; पुष्पविशेष, आइरिस।

fleuret n. लघु सुमनाकार आभूषण।

fleuron n. कुसुमाकृति विभूषण।

fleury a. (फ्रांसके) राजचिह्नसे विभूषित; पुष्पविशेषसे अलंकृत।

flew[1], **flue** aa. छिछला, उथला।

flew[2] p. t. of FLY.

flewed a. गम्भीरमुख।

flews n. (pl.) शिकारी कुत्तों आदिके लटकते हुए होंठ।

flex[1] n. (गणित) नतिपरिवर्तन; (बिजलीका) नरम और लचीला तार; आकुंचन, नति, झुकाव।

flex[2] v.t. (गणित) नतिपरिवर्तन करना या होना; आकुंचित करना, मोड़ना, झुकाना।

flexed a. आकुंचित, नत, झुका हुआ।

flexibility n. नम्यता, आनम्यता, नमनशीलता, कुंचनशीलता, लचीलापन; नम्रता, भद्रता, सुशीलता, ग्रहणशीलता, अनाग्रह, आज्ञाकारिता; कोमलता, अनुनेयता।

flexible a. नम्य, आनम्य, नमनशील, कुंचनशील, मुलायम, लचीला, लचकीला, लचकदार; नम्र, भद्र, अनुनेय, आज्ञाकारी, सुशील; अनाग्रही, कोमल, सुगमतासे मुड़नेवाला; वश्य, शासकीय;

~ constitution, ~ cord, ~ joint, ~ metallic gas tube, ~ rate, ~ spatula, ~ stays, ~ wire.

flexibleness n. = FLEXIBILITY.

flexile a. = FLEXIBLE.

flexility n. नम्रता, मृदुता, वश्यता, शासनीयता; लचीलापन, नरमी।

flexion n. (गणित) आकोच, वक्रता; (व्या०) रूप, रूपान्तर; आकुंचन, आनति, नमन, वक्रिमा, मोड़, मुड़ाव, झुकाव, घुमाव; मुड़ा हुआ भाग, मोड़दार भाग, झुका हुआ भाग।

flexional a. रूपीय, रूपविषयक, रूप-रूपान्तरका।

flexionless a. निरूप, रूपहीन, रूपान्तरशून्य।

flexor n. आकोचक पेशी, नामक पेशी, संकोचक पेशी, आकोचनी, वह पेशी जो किसी अंगको मोड़ दे।

flexuose(वन०), **flexuous** aa. कुटिल, वक्र, सर्पिल, लचीला, लहरदार, मोड़दार, पेचदार, टेढ़ा-मेढ़ा।

flexuosity n. वक्रता, कुटिलता, घुमाव, लहरदारी, लहरियापन, टेढ़ापन।

flexure n. (भूगर्भ०) आनमन, दबावके कारण तहका झुकाव; = FLEXION.

fley v.t. उड़ाना; डराना, भगाना।

flibbertigibbet n. भगोड़ा; बेचैन या परेशान व्यक्ति; गप्प लड़ानेवाला, गप्पी, गपोड़िया; ओछा आदमी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

flick[1] १. n. कड़क या चटचट, तिड़तिड़की ध्वनि या शब्द; धक्का, झटका; चाबुक, नख आदि द्वारा हलका प्रहार, हलकी चोट; २. v.t. चाबुक आदिसे प्रहार करना, झटका देना, चोट पहुँचाना, हलका प्रहार करना, हलकी चोट करना, कोड़ा लगाना; (रूमाल तौलिया आदिसे) साफ कर देना, झाड़ देना, झटक देना, गर्द उड़ा देना; कड़कड़ाना, तड़तड़ाना।

flick[2] n. (ग्रा०) चित्रावली, चित्रपट; (बहु०) सिनेमा-का प्रदर्शन या खेल (*he is going to the ~s tonight*)।

flicker १. n. ज्वालाकम्प, चंचलता, अस्थिरगति, बहाव, चाल, जगमगाहट, टिमटिमाहट, लड़खड़ाहट, खड़खड़ाहट, फड़फड़ाहट, फुरफुर; २. v. i. मन्द-मन्द (अस्थिर रूपसे) बहना या चलना, इधर-उधर हिलना-डुलना, झिलमिलाना, लुपलुपाना, खड़खड़ाना, लड़खड़ाना, फड़फड़ाना, पर मारना, फुरफुराना, लहराना, काँपना।

flickering, flickery aa. अस्थिर, चल, लोल, झिलमिल।

flier n. = FLYER.

flight[1]* १. n. (पक्षियों या कीड़े-मकोड़ोंका) देशान्तर-गमन, पलायन, भगदड़; खगवृन्द, समुदाय या झुण्ड, समूह; उड्डयन, उत्पतन, बाजका शिकारकी ओर झप-टना, पीछा करना, लपक; राजकीय हवाई सेनाकी टुकड़ी (जिसमें थोड़ी मशीनें हों); (बुद्धि, कल्पना, आकांक्षा आदिकी) यात्रा, भ्रमण, चढ़ाव, उड़ान*; (तीर आदिकी) बौछार, वर्षा, बाढ़; तोपके गोले, बन्दूककी गोली आदिकी द्रुतगामिता, तीव्रगति; दौड़के समय प्रयुक्त टट्टियोंकी पंक्ति; (समयकी) द्रुत गति, तेजीसे बीतना; सीढ़ियों या सोपानोंकी पंक्ति, सीढ़ी, जीना; उड़नेकी दूरी; २. v.t. नक्षत्रपथ और क्रिकेटके गेंदके मार्गका परिवर्तित होना, बदलना; (चिड़ियोंका) शिकार करना, (विशे०) उड़ानके समय शिकार करना; *in the first ~* अगुआ होना, प्रथम स्थान ग्रहण करना।

flight[2] n. अपसरण, पलायन, छिपना, पीछे हटना, भगदड़; फरार होना; *put to ~* भगाना, खदेड़ना।

flightiness n. अस्थैर्य, चंचलता, चपलता, बेचैनी, झक्कीपन, सनक, पागलपन, बुद्धिहीनता।

flighty a. अस्थिर, चंचल, चपल, झक्की, सनकी; भ्रान्तमति, अल्पबुद्धि, मन्दबुद्धि, पागल।

flim-flam n. गप्प, बकवास, झक।

flimsiness n. असारता, क्षुद्रता, नगण्यता, तुच्छता, दुर्बलता, कमजोरी।

flimsy १. n. संवाददाताकी कापी, पतला कागज; (ग्रा०) बैंकका जारी किया गया नोट; २. a. दुर्बल, अल्पबल, निर्बल, असार, निःसत्व, क्षीणशक्ति, झीना, झिलमिला, पतला, झुरझुरा, बारीक, कमजोर, नाजुक, जो आसानीसे नष्ट हो जाये या टूट जाये; सामान्य, साधारण, छिछला; क्षुद्र, नगण्य, मूल्यहीन, तुच्छ।

flinch v. i. (मानसिक अथवा शारीरिक कष्टके कारण) अशान्ति प्रकट करना, बेचैनी या परेशानी होना; विमुख होना, पराङ्मुख होना, विचलित होना, पराजय स्वीकार करना, आत्मसमर्पण करना, पीठ दिखाना, पीछे हटना, भागना, खिसकना, फिरना, टलना, सरकना, कन्नियाना; झिझकना; कतराना, हिचकना, दबना।

flincher n. विमुख होनेवाला, विचलित होनेवाला।

flinching n. विमुखता, विचलन, निवर्तन, सरकन, झिझक, हिचकिचाहट।

flinder n. (प्रायः बहु०) अपखण्ड, टुकड़े।

fling १. n. भावतरंग (*have* one's ~); तीव्रगति, झपट, लपक-झपक, गोता, डुबकी; प्रक्षेप, क्षेपण, निपातन, गिराना, फेंकना, पटकना; ताण्डव नृत्य; २. v.t. & i. (घोड़े आदिका) द्रुतगतिसे आगे बढ़ना, कूदना-फाँदना, पैर चलाना, लात मारना; क्रोधमें तेजीसे आगे बढ़ना, चले जाना (*~ out of the room*); (कुश्तीबाज या सवारको घोड़ेका) फेंक देना, भूमिपर पटक देना, दे मारना; (अपने आपको किसी व्यक्तिकी दयापर) छोड़ देना, अपने आपको कहीं गिरा देना; (व्यक्तिका) अपशब्द कहना, कटूक्ति कहना, गाली बकना, (सेना लेकर शत्रु या शत्रुके गढ़पर) आक्रमण करना, चढ़ाई कर बैठना; (व्यर्थ वस्तु, बाण, पाँसा आदिको) फेंकना, गिराना, पटकना; किसी व्यक्तिको अचानक कारावासमें बन्द कर देना, (भुजाओंको) खोल देना, अचानक फैला देना, एँड़ा फेंकना; (ध्वनि, गन्ध, प्रकाश) पैदा करना, निकालना, फैलाना, उछालना, छोड़ना, उगलना; लापरवाहीसे देखना; *~ (fact etc.) in one's teeth* (किसी बातपर) भर्त्सना करना, डाँटना-डपटना, बुरा-भला कहना; *~ away* तिरस्कार करना; *~ down* विनष्ट करना; *~ open* झटकेसे खोलना; *~ up* त्यागना, छोड़ देना; *have a ~ at* किसी वस्तुके लिए चेष्टा करना, प्रयत्न करना; हँसी उड़ाना, आवाजें कसना।

flint n. अग्निप्रस्तर, अनलाश्म, चकमक पत्थर, कड़ा पत्थरविशेष; वज्र, पत्थर, रोड़ा; कोई कठोर और ठोस वस्तु; कच्ची धातुओंके मिश्रणका टुकड़ा (जो पेट्रोलके लाइटरमें चिनगारी उत्पन्न करनेमें प्रयुक्त किया जाता है); *~-glass* स्फटकाच, सीसकाच, साफ और चमकदार पत्थरी शीशा; *~lock* पत्थरकला बन्दूक, ऐसी बन्दूक जो चकमकसे चिनगारी पैदा करके चलायी जाती है।

flint-hearted a. अनलाश्म-हृदय, वज्रहृदय, कठोर-हृदय, निर्दय, निर्मम।

flintiness n. अनलाश्मीयता; निर्ममता, निर्दयता, निष्ठुरता, कठोरता, कड़ापन।

flinty a. अनलाश्म, अनलाश्मीय, अनलाश्ममय, चकमक पत्थरकी तरह, चकमक पत्थरवाला; निर्दय, कठोर, कड़ा।

flip[1] १. n. विमानमें थोड़े समयतककी उड़ान; (अँगुली या नाखून द्वारा) प्रहार, चोट, धक्का, झटका, हलकी टक्कर; २. v.t. & i. हलका प्रहार करना, नाखून मारना, टक्कर मारना; तेजीसे चाबुक मारना; (कान, कपोल आदिपर) धीरेसे अँगुली मारना, पीटना; (छरों, गोलियों या सिक्कोंको) अँगुलियोंसे नचाना, घुमाना; (पंखे,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

चाबुक, मछलीके पकड़नेकी छड़को) घुमाना, झटकेसे हिलाना।

flip[2] n. एक प्रकारका मद्य-मिश्रण (जो जौकी शराब और स्पिरिटको मिलाकर तैयार किया जाता है और चीनी मिलाकर उसको उबाल लिया जाता है)।

flip-flap n. एक प्रकारका अग्निकौतुक या आतिशबाजी, चटका, पटाखा; (मनोरंजनके स्थानोंपर) हिंडोला, झूलना; एक प्रकारकी कलाबाजी; थपथप, फड़फड़।

flippancy n. वाक्चापल्य; चंचलता, गाम्भीर्यहीनता, अवज्ञापूर्णता, ओछापन।

flippant a. चंचल, चपल, लोल, अगम्भीर, अवज्ञापूर्ण, अपमानपूर्ण, क्षुद्र, ओछा; वाचाल, बातूनी।

flippantness n. चंचलता, अगम्भीरता, अवज्ञापूर्णता, ओछापन।

flipper n. (ग्रा०) हस्त, हाथ; झिल्ली, तैरनेमें सहायक अंग (जैसे कछुए आदिको होता है)।

flipperty-flopperty a. शिथिल, ढीला, लटकता हुआ।

flirt १. n. विलासिनी, चपला नारी, प्रगल्भा, चोंचलेबाज पुरुष या नारी, नखरेबाज औरत; चुलबला आदमी या औरत; अचानक झटका; २. v.t. & i. झूठा प्यार दिखाना, हावभाव दिखाना, इतराना, नखरे करना, चोंचले करना; प्यारकी बातें करना, दिखावटी प्रेम करना; (पंखे, पक्षीके परको) तेजीसे हिलाना, झुलाना; झटका देकर फेंकना, उछालना, ढकेलना।

flirtation n. प्रेमलीला, झूठा प्रेम, दिखावटी प्यार; हावभाव, नाजनखरा, चुलबुलाहट।

flirtatious a. चुलबुला, झूठा प्रेम करनेवाला या वाली, हावभाववाला या वाली, नाजनखरेवाला या वाली।

flirtish, flirty aa. प्रगल्भ; झूठमूठका प्रेमी; जिसका प्यार या हावभाव दिखावटी हो, चोंचलेबाज।

flisk n. चौंरी, बालोंकी झाड़ू, कंघी।

flit १. n. गृहपरिवर्तन, गेहत्याग, प्रवास; २. v. i. निवासस्थानमें परिवर्तन करना, भ्रमण करना, घूमना, मकान बदल देना; देशान्तर जाना, भाग जाना, उड़ जाना, चला जाना, विदा हो जाना, रवाना हो जाना; (पक्षियोंका) धीरे-धीरे उड़ना, थोड़ी दूरतक उड़ना; सरकना, खिसकना, निकल जाना, गुजर जाना;=FLUTTER.

flitch १. n. टुकड़ा या खण्ड जो प्रायः तनेके बाहर हो; हेल मछलीकी चर्बीका टुकड़ा; एक प्रकारकी मछली (HALIBUT) के मांसका भुना हुआ टुकड़ा; वल्लूर, सुअरकी बगलका सूखा नमकीन मांस; २. v.t. (लट्ठे या हेलकी चर्बीके) टुकड़े-टुकड़े करना; ~-beam लकड़ीके दो टुकड़ोंके मध्य लोहेका टुकड़ा या तख्ती, पाटी।

flitter v. i. उड़ना, फुदकना, फड़फड़ाना; ~ mouse अजिनपत्रा, चमगादड़, जतुका।

flittern n. वज्जुक, छोटा बंजका पेड़, छोटा बलूत या ओक।

flitting n. निवास-परिवर्तन, एक स्थानसे हटकर दूसरी जगह बसनेकी अवस्था; भ्रमण, उड़ान।

flivver n. मोटरगाड़ी, छकड़ा।

flix n. ऊमा, आभ्यन्तरिक ऊर्णा।

float[1] n. तैरती हुई घास या बर्फ आदिका ढेर; (क्र०) प्रवहमान वस्तु, प्लव, तिरौंदा; ताने-बानेका डोरा; मछलीके शरीरका वह भाग जिसके सहारे मछली तैरती है; (रंगमंचपरका) प्रकाश; बेड़ा, घड़नई, घन्नई, उडप; एकहरी काटकी रेती; (मछलीके शिकारमें) तैरता हुआ काग या पर; करनी, थापी, पलस्तरको चिकना करनेका हथियार; खोखला गोला (जो हौजकी टोंटी या नलीको ठीक रखता है); पहियोंपर बना मंच; रात्रि-प्रकाश; एक प्रकारकी छोटी या नीची गाड़ी; ~-bridge पीपों या उडपका पुल, नौसेतु; ~-stone प्लवोपल, पत्थरका औजार जो खुरदुरी ईंटोंको चिकना करता है।

float[2] v.t. & i. प्रवाहित करना, प्रवहमान करना, तैरा देना, बहाना; जलमग्न करना, जलप्लावित करना, डुबो देना; धाराके साथ बहना, तैरना; (जल आदिका हलकी वस्तुको) साथ-साथ ले चलना, साथ बहाना, सहारा देना, ऊपर उठाये रखना, सँभाले रहना; (रेत, चट्टान या तटपर आये हुए जहाजका) प्रवाहमें आना, पानीपर आ जाना; तरल पदार्थमें बिना किसी रोकके लटका होना, रुका रहना; हवामें किसी वस्तुको उड़ा देना; वायुमें तैरना, उड़नेमें लटके रहना; (अफवाह) उड़ाना; आँख या मस्तिष्कके सामने नाचना; चक्कर काटना, घूमना, मँडराना; (वाणि०) (योजना आदिका) आरम्भ करना, कार्यान्वित करना, कार्यरूपमें लाना, (कोई व्यापारिक संघ या नयी योजना) निकालना, चलाना; (वाणिज्यमें, हुण्डीका) प्रचलमान होना या रहना, प्रचारमें होना, प्रचलित होना, मान्य होना, जारी रहना; ~-stone एक प्रकारका हलका पत्थर जो जलपर तैरता है।

floatable a. (नदी, नाले आदि) जिनमें बाँस, धन्नियाँ, शहतीर आदि बह सकें; प्लाव्य, तरणीय, तैरने या बहने योग्य, बहाऊ।

floatage n. प्लवमान वस्तु, किसी वस्तुका बहता हुआ ढेर, प्रवहमान ढेर; तरण, प्रवाह, बहाव, तैराव; हलकापन; विनष्ट जहाजके सामान (को लेनेका अधिकार); प्लाविता, बहनेकी क्षमता; पार्श्व भागका स्पर्श करनेवाले जलधरातलके ऊपर जहाजका भाग, उपर्यंश, उज्जलांश, जहाजका वह भाग जो जलके ऊपर हो; नदीमें तैरनेवाली जहाजें आदि।

floatation, flot-, n. व्यापारिक संघ या कम्पनी या कारबारकी स्थापना, स्थापन, प्रारम्भण, प्रारम्भ करना; प्लवन, तरण, प्लाविता, प्रवाह, बहाव, तैराव; *centre of* ~ तैरती हुई वस्तुमें भारका केन्द्र।

floater n. क्रियागत अर्थोंमें; रेलवेका प्रतिज्ञालेख्य, प्रतिरक्षापत्र आदि जो प्रतिभू या जमानतके रूपमें रहते हैं; सरकारी हुण्डीका प्रमाणपत्र।

floating a. प्लवमान, क्रियागत अर्थोंमें; अस्थिर, चल, अल्पकालिक, परिवर्तनशील, चढ़ने-उतरनेवाला, बढ़ने-घटनेवाला; यायावर, चलायमान, चलता (*the ~ population*); ~ battery युद्धपोत; ~ bridge नौसेतु, प्लवसेतु,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS

पुलका वह भाग जो पीपेपर बना हो, अस्थायी पुल और घाट; ~ kidney एक विशिष्ट रुग्णावस्था जिसमें गुर्दे अपने स्थानसे हट जाते हैं; ~ light तरणी-प्रकाश, तैरता हुआ दीपयुक्त लंगर, मार्गनिर्देशक प्रकाशपोत;

~ assets, ~ body, ~ capital, ~ charge, ~ curve, ~ debt, ~ dock, ~ indebtedness, ~ island, ~ list, ~ mine, ~ mortgage, ~ moss, ~ pier, ~ policy, ~ ribs, ~ root, ~ security, ~ stream, ~ tangles, ~ timber.

floccillation n. वस्त्र-आच्छेदन (एक बीमारी जिसमें रोगी कपड़े फाड़ने लगता है)।

floccose a. (वन०) ऊर्ण-क्षुपाच्छन्न, ऊनी, जटादार।

flocculation n. लोष्टन, गुप्फे बनना; ऊर्णिकायन।

floccule n. ऊर्णिका, ऊनकी लच्छी।

flocculence n. लोष्टमयता, ऊर्णीमत्ता, बालदार स्थिति।

flocculent a. ऊर्णासदृश्, ऊर्णीमत्, ऊर्णामय, ऊनी, ऊनदार, घनीभूत, गुप्फेदार।

flocculose a. दे० FLOCCULOUS.

flocculous a. ऊर्णमय, ऊनी।

flocculus n. (pl. -*i*) निपालिका; बालोंका छोटा गुच्छा, चुटिया।

floccus n. (pl. -*i*) ऊर्णा-राशि; ऊनकी लच्छी; (वन०) चुटिया; पूँछ।

flock[1] n. ऊर्णा-स्तुक, ऊन, रुई आदिका गुच्छा, फेंटा, लट, लच्छा; (बहु०) (दीवारपर लगाया जानेवाला कागज़ बनानेके लिए) पिसा हुआ ऊन या चिथड़ा; (बहु०) गद्दे भरने या बनानेके लिए रद्दी बचे हुए ऊन या चिथड़े; (रसा०; बहु०) हलके और बिखरे हुए ढेर (जो तहोंमें दबा दिये गये हों); ~-bed गद्दा जिसमें रद्दी ऊन और चिथड़े भरे हों।

flock[2] १. n. जनसमूह, यूथ, वृन्द, संघ, झुण्ड, दल, गिरोह, जत्था (*come in ~s*); शिष्यवृन्द, शिष्यपरिवार, शिष्यसमुदाय; शिशुपरिवार, शिशुसमूह, बच्चोंका झुण्ड; पक्षिपरिवार, खगवृन्द, पशुकुल, जीवदल; धार्मिक समाज या जमावड़ा; लट, लच्छा, गुच्छा; २. v.i. किसी एक उद्देश्यसे एकत्र होना, टुकड़ी बनाकर जाना, अधिक संख्यामें जाना या चलना, जुड़ना, एकत्र होना, इकट्ठा होना, जमा होना; *birds of feather ~ together* दे० BIRD.

flocky a. लच्छेदार, गुच्छेदार, लटदार।

floe n. हिमवाह, बर्फकी तैरती हुई चादर या सिल, बहता हुआ बर्फका टुकड़ा, डला।

flog v.t. (घोड़े आदिको) आगे बढ़ाना, कोड़े लगाकर चलाना; कशाघात करना, कोड़े लगाना, छड़ी, कोड़े आदि से मारना, छड़ी आदिसे मरम्मत करना; बार-बार बंसी लगाना, मछली पकड़नेकी डोर डालना; किसी व्यक्तिमें (गुण, विद्या आदिका) प्रवेश कराना; (ग्रा०) परास्त करना, पराजित करना, मात करना, हराना; किसी व्यक्तिके (आलस्य, सुस्ती आदिको) भगाना, हटाना; ~ *dead horse* शक्तिका अपव्यय करना, शक्ति व्यर्थ करना।

flogging n. कशाप्रहार, कशाघात, कोड़े मारना।

flong n. छपाईके लिए मुद्रण-पत्रपट्ट।

flood १. n. जलप्लावन, जलप्रलय, ओघ, जलप्लाव, बाढ़, सैलाब; ज्वार; जलप्रवाह, मूसलाधार जलवृष्टि, वर्षा, धारा (*~s of rain*); प्राचुर्य, बाहुल्य, बहुतायत; (का०) समुद्र, नदी, नाला; २. v.t. & i (वर्षाका नदीमें) बाढ़ ला देना, पानीसे भर देना; अधिक मात्रामें आना, गिरना या बहना; जलमय करना, जलमग्न करना, जलप्लावित करना, डुबो देना (ला० भी, *was ~ed with letters*); (आग लगे मकान या खानमें) अधिक पानी छोड़ना या डालना; सिंचाई करना, सींचना; गर्भाशयसे रक्तस्राव होना, बच्चेदानीसे खूनका आना; ~-gate पूरद्वार, जलद्वार, बाँगी, मोरी, नाली; ~-light ओघ-प्रकाश, प्रकाश-पुंज; *The F~s* प्रलय, जलप्लावन;

~ board, ~ cock, ~ control, ~ embankment, ~ hatch, ~ level, ~-lighting, ~-mark, ~ plain, ~ tide, ~ time, ~ warnings, ~ water.

flooding n. रक्तस्राव; बाढ़।

floodometer n. पूरमान, जलौघ-मापक।

floor* १. n. भूमि, भूपृष्ठ, तल*, कुट्टिम, फर्श*, गच; कोष्ठ, पोट, तल्ला, मंजिल; फर्श या धरातलका क्षेत्रफल; समुद्र या गुफा आदिका तल, पेंदी, (गहराईकी अन्तिम सीमा); तख्ते आदि जिनसे फर्श बनाया जाता है, घरके एक ही तलपर बने हुए कमरोंकी पंक्ति; सभास्थल, सदन, गृह, मंच; २. v.t. फर्शका काम देना; फर्श जड़ाना, लगाना, जमाना, फर्श बनवाना; किंकर्तव्यविमूढ़ करना, व्यग्र या व्याकुल कर देना, घबड़ा देना; मार गिराना, मात करना, हराना, लिटा देना; (पाठशालामें विद्यार्थीको) बैठनेकी आज्ञा देना (क्योंकि उसे पाठ कण्ठस्थ नहीं है); first-~ दूसरा कोठा, दूसरा तल्ला या मंजिल; ~-cloth कुट्टिम वस्त्र, भूमिच्छद, जाजिम, कपड़ेका फर्श जो कालीनके स्थानपर बिछाया जाता है; ~-lamp फर्शपर गड़े हुए किसी धातुके खम्भेपर रखा हुआ दीया या लैम्प; ~ price निम्नतम मूल्य; ground ~ मकानका भूमितल या पहला तल्ला, जिसके ऊपर पहली, दूसरी तथा अन्य मंजिलें बनती हैं; *take the* ~ स्वाभिप्राय प्रकट करना, वाद-विवादमें भाग लेना, बोलना;

~ area, ~ board, ~ head, ~ jack, ~ leader, ~-level, ~ load, ~man, ~ polish, ~way, ~work.

floorer n. निरुत्तर कर देनेवाला तर्क या दलील; व्याकुल कर देनेवाला समाचार; समाप्त कर देनेवाला प्रहार, बेहोश करनेवाली चोट, गहरी चोट, गिरा देनेवाला घूँसा; कठिन प्रश्न या पर्चा जिसका उत्तर लिखना कठिन हो।

flooring n. मंच, प्लेटफार्म; फर्शपर बिछायी जानेवाली

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

वस्तु; फर्श बनानेका सामान ।

floorless a. निर्भूमि, निस्तल, बिना फर्शके ।

flop १. n. (ग्रा०) (पुस्तक, क्रीडा आदिकी) अचानक समाप्ति, असफलता; धमाका, फड़फड़, फड़फड़ाहट; २. v t. & i. (ग्रा०, पुस्तक, क्रीडा आदिका) यकायक समाप्त होना, पटकाना, पटकना; झूमना, फड़फड़ाना; पानीपर किसी चपटी चीजके गिरानेसे) ध्वनि पैदा होना, किसी कोमल शरीरके गिरनेसे भारी और मन्द ध्वनि करना; भद्दी चालसे चलना-फिरना; लापरवाहीसे नीचे फेंकना, इस प्रकार फेंकना कि ध्वनि निकले; धपसे बैठना, झुकना या लेटना; ३. int. & adv. भारी और ऊँची ध्वनिसे, धपसे, धमसे, भद्देपनसे, बेढंगे तरीकेसे, लापरवाहीसे ।

floppiness n. बेढंगापन, लँगड़ापन ।

floppy a. मन्द, कुन्द, सुस्त; भद्दा, बेढंगा, लापरवाहीका।

flora n. पुष्पदेवी, वनदेवी; (ज्यो०) अष्टम क्षुद्रग्रह; पादपजात, उद्भिज्जात, विशिष्ट प्रदेश या युगकी वनस्पति (की तालिका या सूची) ।

floral a. पुष्प-, कौसुम, पुष्पीय, फूल-सम्बन्धी; वनस्पतीय, वनस्पति-विषयक; ~ *zone* भूमिखण्ड जिसमें विशिष्ट प्रकारकी वनस्पति हो ।

florence n. 'फ्लोरेंस' नगरमें बनी मदिरा ।

Florentine n. & a. अधिपीतातिरक्त; एक प्रकारका बटा हुआ रेशम; फ्लोरेंस नगरका (निवासी) ।

florescence n. पुष्पकाल, फूलनेकी अवस्था या समय, खिलावट; पुष्पवास, फूलोंकी सुगन्धि ।

floret n. लघु पुष्प, छोटा फूल; (वन०) पुष्पक, गुल्चा, उन छोटे-छोटे फूलोंमेंसे एक जो सब मिलकर एक बड़ा फूल बनाते हैं ।

floriage n. कुसुम, सुमन, पुष्प, प्रसून, फूल ।

floriate v.t. फूल-पत्तोंके चित्र बनाकर अलंकृत करना, फूल-पत्तियोंसे सजाना ।

floriated a. प्रसून-चित्रणयुक्त, फूल-पत्तियोंसे सजा हुआ ।

floriation n. पुष्प-सज्जा, कुसुमालंकरण, फूलोंकी सजावट ।

floricultural a. पुष्पकृषिसे सम्बन्धित, फूलोंकी खेतीसे सम्बन्धित ।

floriculture n. पुष्पकृषि, फूलोंकी खेती, बागबानी ।

floriculturist n. पुष्पकृषक, फूलोंकी खेती करनेवाला ।

florid a. पुष्पसज्जित, भड़कीला, भड़कदार, चमकीला, दिखावटी; (साहित्यिक, कलात्मक या संगीतशैलीसे सम्बन्धित) अलंकारयुक्त, अत्यलंकृत, बहुत सजा हुआ जैसे फूलोंसे; रक्त, रक्ताभ, अरुण, लाल, बहुत रंगीन, (~ *style*) ।

floridity, -ness nn. राग, अरुणिमा, रक्तिमा; अलंकारमयता, चमक-दमक, तड़क-भड़क, दिखावा, सजावट, रंगीनी ।

floridus n. (वन०) सुपुष्पी, खूब खिलनेवाला, फूल ।

floriferous a. पुष्पप्रद, पुष्पोत्पादक, बहुपुष्पी, बहुत फूल पैदा करनेवाला (बीज या पौधा) ।

florification n. पुष्पण, फूलनेकी क्रिया ।

floriform a. कुसुमाकार, प्रसूनरूप ।

florilegium n. प्रसून-संग्रह, कुसुम-चय; सुसंग्रह ।

florin n. ब्रिटेनमें आजकल २ शिलिंगका एक सिक्का; (प्रा०) ब्रिटेनमें एडवर्ड तृतीयके समयका ६ शिलिंगका एक सिक्का; विभिन्न कालोंमें प्रचलित स्वर्ण या रजत मुद्रा, फ्लोरिन ।

florist n. पुष्पवेत्ता, पुष्पशास्त्री, फूलोंका ज्ञान रखनेवाला व्यक्ति, पुष्पविक्रेता, पुष्पव्यवसायी, फूलोंका व्यापारी, पुष्पकृषक, फूल-माली, फूल उगानेवाला व्यक्ति ।

floristic a. प्रसूनात्मक, फूल-सम्बन्धी ।

floruit n. (निश्चित जन्मदिवस या मृत्युदिवस अज्ञात होनेपर) अनुमानित जीवनकाल, कल्पित जीवनावधि ।

flory a. दिखावटी, कृत्रिम; चमकीला; अलंकृत ।

floscular, -lous aa. पुष्पकयुक्त, जिसमें बहुतसे छोटे-छोटे फूल हों ।

floscule n. (वन०) पुष्पक, गुल्चा, छोटा फूल; गुच्छा ।

floss n. कच्चा रेशम (जो रेशमके कीड़ेके कोयेके चारों ओर लिपटा होता है); ~ silk वह रेशम जो सस्ते कपड़ोंमें प्रयुक्त होता है ।

flossy a. कच्चे रेशमकी भाँति, कच्चे रेशमका ।

flota n. व्यापारी बेड़ा ।

flotage n. दे० FLOATAGE.

flotant a. हवामें तैरने (उड़ने) वाला ।

flotation n. प्लवनशीलता, तैरना; संचालन (कम्पनी आदिका) ।

flotilla n. नावों या छोटे जहाजोंका बेड़ा, छोटा बेड़ा; रणपोतसमूह, विध्वंसक बेड़ा; नौकागण, लघुनौसमूह ।

flotsam n. कस्तूरा मछली या सीपके कीड़ेके अण्डे-बच्चे; प्लुतक, विनष्ट पोतका प्रवहमान भग्नावशेष, टूटे हुए जहाजका माल और सामान (जो पानीपर तैरता पाया जाता है) ।

flounce[1] १. n. अंगविक्षेप, कम्पन, झटका, हचका; झपट, झटक-पटक; २. v. i. शरीरको इधर-उधर फेंकना, प्रवेश कर जाना, हाथ-पैर झटकते हुए जाना, आवेशमें झपटना, घुस पड़ना, पटकना, फड़फड़ाना, तड़फड़ाना, उछलना, तड़पना ।

flounce[2] १. n. झालर, स्त्रियोंके लहँगे या घाँघरेमें झालर लगानेके लिए कपड़ेका टुकड़ा; २. v.t. झालर लगाना, चुनना या टाँकना ।

flouncing n. झालर, स्त्रियोंके लहँगे या घाँघरेमें झालर लगानेके लिए कपड़ेका टुकड़ा ।

flounder[1] n. पृथा, (एक छोटी और चपटी मछली) फ्लाउण्डर ।

flounder[2] १. n. गिर-गिराकर, ठोकरें खा-खाकर आगे बढ़नेकी चेष्टा; २. v. i. गिर-गिराकर बढ़ना, ठोकरें खा-खाकर आगे बढ़नेकी चेष्टा करना (जैसे कीचड़ या पानीमें), लुढ़कना; कठिनताके साथ प्रबन्ध कर पाना, ठीक-ठीक प्रबन्ध न कर पाना, कुप्रबन्ध करना, अशुद्धियाँ कर बैठना, गलतियाँ कर बैठना ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

flour १. n. चूर्ण, चूर; गेहूँका आटा, पिसान; चालनेके पश्चात् बचा हुआ आटा, चोकर, मैदा; २. v.t. पीसकर आटा बनाना ○; आटा या मैदा छिड़कना, बुरकना।

flourish[1] n. (क्व०) विकास, वृद्धि, समृद्धि, उन्नति, शक्ति, बढ़ती, तेज (*in full ~*); (संगीत) (किसी व्यक्तिके स्वागतमें तुरही, नरसिंहा आदिका) निर्घोष, स्वन, तोड़ा, गिटकिरी; सुर या अलाप, अलंकारयुक्त पद; हाथ, हथियार आदिके कौशल, कला, पैंतरे; गर्वोक्ति, डींग; अलंकारयुक्त वर्णन, अलंकृत भाषा या अभिव्यंजना, अलंकारमय पंक्ति; लिखावटमें वर्ण या अक्षरके चारों ओर खिंची हुई लहरदार टेढ़ी-मेढ़ी रेखाओंकी सजावट; आडम्बर, मण्डन, सजधज।

flourish[2] v.t. & i. जीवित होना, रहना, होना, उन्नतावस्थामें होना, युवावस्थामें होना, यौवनमें होना; समृद्ध होना, सफल होना, उन्नति करना, फलना-फूलना, पनपना, विकसित होना, पूर्णशक्तिसे बढ़ना; (संगीत) गाने-बाजेके साथ सुर मिलाना, अलापना: अस्त्र-शस्त्रका संचालन करना, इधर-उधर घुमाना या हिलाना, पैंतरे बदलना; (अंगोंको) इधर-उधर चलाना या फेंकना; (हस्तलिपि) अलंकृत करना, सजाना, सँवारना; आडम्बर करना, अपनी किसी वस्तुको तड़क-भड़कके साथ दिखाना, इतराना, इठलाना।

flourishing a. विकासशील, सफल होनेवाला।

flourishy a. अलंकृत पदवाला, आडम्बरपूर्ण, निर्घोषसे युक्त, अलाप या सुरसे सम्बन्धित।

floury a. मैदादार, मैदेका, आटे जैसा, आटेका।

flout १. n. आक्षेप, अवज्ञा, निरादर; घृणा; उपहास, हँसी, बोली-ठिठोली, मजाक; २. v.t. आक्षेप करना, अवज्ञा करना, अपमान करना, निरादर करना; शब्द या कार्य द्वारा घृणा प्रकट करना; उपहास करना, हँसी उड़ाना, व्यंग्य कसना, बोली या ताना मारना, मजाक उड़ाना।

flouter n. ताना मारनेवाला।

flow १. n. नदीका प्रवाह, वेग, धारा, बहाव; उत्थान, बेला, धाराका चढ़ाव, (*ebb and ~*); प्रवाहित परिमाण, (जल आदिकी) प्रवाह मात्रा; प्रवृत्ति, प्रगति; (वस्त्र, आकृति आदिका) घटाव-बढ़ाव, उतार-चढ़ाव; प्रवहमान या बहता हुआ तरल पदार्थ; स्रोत, क्षरण, स्रवण, उद्गार, उमड़; २. v. i. प्रवाहित होना, बहना; (प्रा०) अधिक परिमाण या मात्रामें होना (*land ~ing with milk and honey*); (वस्त्र, केश आदिका) हिलना, लहराना, लटकना; (रक्तका) संचार होना, दौड़ना, दौरा होना; (मदिराका) ढलना, बिना रोकटोकके उड़िल पड़ना, बह चलना; (व्यक्तियों या वस्तुओंका) अधिक संख्यामें आना-जाना: (गणनामें) बहुत थोड़ा-थोड़ा करके निरन्तर घटना या बढ़ना; उमड़कर बहना, उमड़ना; (साहित्यिक शैली, बात आदिमें) निर्बाध धाराका होना, अस्खलित प्रवाह होना; फलस्वरूप या परिणामस्वरूप निकलना; उबलना, निकल पड़ना, उछल पड़ना, फूट पड़ना, उमड़ उठना; (रक्तका) फूटकर बहना, जारी होना; *~ of soul* रुचिकर वार्तालाप, प्रिय संलाप; *~ of spirit* स्वाभाविक प्रफुल्लता, प्रसन्नता।

flowage n. प्रवहण, प्रवाह, बहाव।

flower* १. n. (वन०) प्रसून, कुसुम, पुष्प*, फूल*, फलपिता; प्रसव, कलिका, कली, गुंचा; फूल देनेवाला पौधा, फूलनेवाला पौधा; विकास, यौवन, प्रौढ़ावस्था, युवावस्था (*in ~*), विकसितावस्था, जीवनका सर्वोत्तम भाग (*in the ~ of his age*); अलंकारयुक्त शब्द-प्रयोग शैली, अलंकारमय वाक्य या वाक्यांश या वचन; रत्न, अलंकार; उत्कृष्ट या उत्तम वस्तु, चुनी हुई या छँटी हुई वस्तु, चुनाव या पसन्दकी वस्तु; तत्त्व, सार, सारांश, उत्तमांश, सर्वोत्कृष्ट या सर्वश्रेष्ठ भाग; फेन जो खमीर या किण्व उठनेके बाद बनता है, मैल जो उबाल आनेके बाद पैदा होता है; (रसा०; बहु०) उत्सादनके पश्चात् अवशिष्ट चूर्ण, शोधनेके बाद बचा हुआ चूर (*~s of sulphur* etc.); २. v.t. & i. पुष्पित होना, विकसित होना, पुष्प उत्पन्न करना, फूल पैदा करना, फूलना, फूल देना, खिलना; पुष्पित करना, पुष्प लाना, फूलने देना, खिलने देना, किसी वस्तुमें फूल बनाना, फूलोंसे सजाना, गुलबूटे बनाना; फेन छोड़ना; मण्डित करना; *~-bed* क्यारी; *~-girl* मालिनिया; *~-pot* पुष्पपात्र, गमला; *~s of speech* (प्रायः व्यंग्यमें) अलंकारमय वक्तृता या वचन, लच्छेदार भाषा; *~-vase* पुष्पकलश; *no ~s* यह सूचना कि जनाजेमें हार या माला आदिकी आवश्यकता नहीं है; *one ~ makes no garland* अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता;

~ beetle, ~-bell, ~ bud, ~ bulb, ~-crowned, ~ cup, ~-decked, ~-embroidered, ~-frequenting birds, ~-garden, ~-head, ~-piece, ~-scented, ~-service, ~ show, ~-stalk, ~-stock, ~-top, ~ year.

flowerage n. कुसुम-समुदाय; पुष्पन-पद्धति, फूलनेका काल।

flowered a. पुष्पित, कुसुमित, विकसित; पुष्पवत्, प्रफुल्ल, प्रफुल्लित; पुष्पधारी, फूलदार, फूलदार चीजोंसे सजा हुआ।

flowerer n. पुष्पित होनेवाला पौधा, फूलनेवाला पौधा।

floweret n. पुष्पक, कली, गुल्चा; छोटा फूल, नन्हा-सा फूल।

floweriness n. प्रसूनपूर्णता, पुष्पमयता, अलंकारपूर्णता, फूलोंसे लदा होना।

flowering a. खिलनेवाला, फूलनेवाला, फूलदार;

~ almond, ~ ash, ~ fern, ~ glume, ~ period, ~ plant, ~ shoot, ~ stage, ~ stem, ~ stimulation, ~ time, ~ year.

flowerless a. अकुसुम, प्रसूनरहित, पुष्पशून्य, कुसुमविहीन, निफूला।

flowery a. कुसुमयुक्त, पुष्पमय; प्रसूनपूर्ण, फूलोंसे लदा हुआ, फूलोंभरा, फूलोंवाला, अलंकृत, अलंकारयुक्त,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अलंकारमय, मण्डित, लच्छेदार ।

flowing a. = FLUENT.

flowing a. क्रियागत अर्थोंमें; (रेखाएँ, वक्ररेखाएँ, परिधिरेखाएँ) चिकनी खिंची हुई; (शैली) सरल, प्रवाहमय, निर्बाध, अस्खलित, अप्रतिहत ।

flowingness n. बहाव ।

flown a. (प्रा०) प्रफुल्ल; फूला हुआ, सूजा हुआ, पूर्ण, युक्त, भरा हुआ (~ *with insolence and wine*) ।

flu n. INFLUENZA का संक्षिप्त ।

flubdub ⊙ n. चाटुकारिता, चापलूसी, खुशामद ।

fluctuant a. अस्थिर, उच्चावचनयुक्त, घटता-बढ़ता ।

fluctuate v.t. परिवर्तित होना, अनियमित रूपसे बदलना, अस्थिर होना, घटना-बढ़ना, कम अधिक होते रहना, इधर-उधर होते रहना, डगमग होना, उठना-बैठना; (क्व०) उच्चावचन होना, लहरकी तरह ऊपर-नीचे होना, चढ़ना-उतरना, लहराना, चढ़ाव-उतार होना; विचलित होना, दोलायमान होना, बदलते रहना, डगमगाना, हिचकिचाना; उतार-चढ़ाव करना, झुलाना, डुलाना ।

fluctuating a. अस्थिर, उच्चावच, परिवर्ती, चल, चंचल, ऊपर-नीचे (~ *assets*, ~ *temperature*) ।

fluctuation n. उच्चावचन, अनियमितता, अस्थिरता, चांचल्य, उतार-चढ़ाव, डगमग, घटती-बढ़ती, कमी-बेशी ।

flue[1] n. एक प्रकारका मछली फँसानेका जाल ।

flue[2] n. नरम रोवाँ; रुईके रोओंके जमानेसे बनी कोई वस्तु ।

flue[3] n. कुछ बायलरोंमें पानी गर्म करनेके लिए लगा हुआ ट्यूब या नली; वाहिनी, धूमपथ, धूममार्ग, ताप-वाहक मार्ग, चिमनी; धुएँका मार्ग, चिमनीका धुआँकस, धुआँर; ~ pipes वाहिनी, नाल; (संगीत) (वायुमार्ग, मुँहसे बजाये जानेवाले बाजेमें) नलकीके अन्दर हवाका रास्ता ।

flue[4] v.t. & i. एक ओरकी अपेक्षा दूसरीको संकीर्ण करना, गावदुम बनाना, झरोखेको अन्दर या बाहरकी ओर चौड़ा करना ।

fluency n. वाग्विभव, वाक्चापल्य, वाक्पटुता; धारा-प्रवाहिता; अनर्गलता, गति, प्रवाह, धारा (वाणीमें) ।

fluent १. n. थोड़ा-थोड़ा करके घटने-बढ़नेवाली मात्रा; २. a. (गणित) (प्रवाहनमें) जो थोड़ा-थोड़ा करके घटता-बढ़ता रहता है; (गति आदि) चारु, मनोहर, सरल, सहज; (शा० अर्थमें क०) गतिशील, प्रवाहशील, धारा-वाही; जारी रहनेवाला, रवाँ; (वक्तृता या शैली) वाक्पटु, धाराप्रवाह; अनर्गल, अनवरत, अनिरुद्ध, प्रचुर, तैयार; (क०) तरल, प्रवाहोन्मुख, बहनेके लिए उद्यत, चलता; (क०) अस्थिर, परिवर्तनीय, द्रव ।

fluey a. रोयेंदार, नरम रोयेंकी तरह, रोयेंकी बनी हुई ।

fluff १. n. होंठ या गालपर कोमल और छोटे-छोटे बाल; नरम रोयें या बालोंका समूह, ढेर; कोमल लोम, रोयाँ; कम्बल आदिसे झड़कर गिरनेवाला लोम, रोयाँ; (प्रा०) अभिनयका वह भाग जो अभिनेताको पूर्णरूपसे ज्ञात न हो; २. v.t. किसी वस्तुको रोयेंकी तरह कोमल बनाना; (चमड़ेके मांसवाले भागको) कोमल और चिकना बनाना; (प्रा०) अभिनय करनेमें बहुत भारी गलती करना; (अपने शरीर या परोंको) ऊपर-नीचे या चारों ओर इस प्रकार हिलाना कि वे फूलकर रोयेंका एक गुफ्फा बन जायँ ।

fluffiness n. रोयेंदार होना, रोयेंदारी ।

fluffy a. फुलफुला, रोयेंदार, रोयेंका बना हुआ ।

flugelman n. दे० FUGLEMAN.

fluid n. & a. द्रववस्तु, द्रव या तरल पदार्थ, पानी; द्रुत, अस्थिर, तरल, विलीन, द्रव; प्रवाही; ~ assets, ~ drachm measure, ~ dram, ~ extract, ~ friction, ~ medium, ~ ounce, ~ pressure, ~ resources, ~ stage, ~ thrust.

fluidify v.t. द्रव बनाना, तरल करना, पानी-सा बनाना ।

fluidity, fluidness nn. द्रवता, तरलता, प्रवाहिता विलय ।

fluke[1] n. पुच्छपालि; छिद्रिपत्र; एक प्रकारका अण्डाकार आलू; एक परजीवी कीड़ा (जो भेड़के यकृत या मेदेमें रहता है); (क०) एक प्रकारकी चपटी मछली ।

fluke[2] n. (बहु०) हेल मछलीकी पूँछ; भाला, बर्छी आदिका नुकीला सिरा; लंगरका भूमिमें गड़नेवाला सिरा, लंगरका पंजा, वह चौड़ा और त्रिभुजाकार भाग जो जहाज या नावके लंगरपर होता है ।

fluke[3] १. n. भाग्यवशात् या यकायक ठीक पड़नेवाला आघात; २. v.t. & i. संयोगसे ठीक सधनेवाला आघात करना, ऐसे ही आघातसे पाना; अचानक मारना या चोट करना ।

flukiness n. अचानक आघात या चोटका होना ।

fluky a. उपर्युक्त आघात या चोटवाला ।

flume ⊙ १. n. कन्धरा, द्रोणी, नददरी, गहरी घाटी जिसमें नदी बहती हो, खड्ड; प्रवाहिनी, नालिका, (कार-खानेके लिए पानी ले जानेकी बनावटी) नाली, ढलवाँ नाली; २. v.t. & i. पानी ले जानेके लिए नाली बनाना, नालीमेंसे ले जाना; *go up the* ~ दुःख पाना ।

fluminous a. सरिदापूर्ण, सरिदावृत्त, नदियोंसे भरा हुआ या घिरा हुआ ।

flummery n. निरर्थक या क्षुद्र बातें, मिथ्या स्तुति या प्रशंसा, बेवकूफीकी बातें; (दूध, मैदा, अण्डा आदिसे तैयार किया हुआ) हलुवा, लपसी, दलिया; (प्रा०) जईके आटेको उबालकर बनायी गयी लपसी और उसका तैयार किया हुआ भोजन ।

flummox v.t. (प्रा०) किंकर्तव्यविमूढ़ कर देना, चकित करना, आश्चर्यमें डालना, विस्मित कर देना, व्यग्र कर देना, घबड़ा देना ।

flump v.t. धड़ाकेसे गिरना ।

flung p.t. & p. p. of FLING.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

flunkey n. नीच व्यक्ति, चाटुकार, गँवार, खुशामदी; (प्रायः घृणासे) परजीवी, वर्दी पहने हुए नौकर, दास, चाकर, चोबदार, जमादार, चपरासी, अर्दली।

flunkeydom n. चाटुकारों या चोबदारों और अर्दलियोंकी श्रेणी; इनका हलका।

flunkeyism n. चाटुकारिता, चोबदार या अर्दलीका काम, खुशामदीपन।

fluor n. तरस्व, मणिसदृश एक धातु (जो सरलतासे पिघलायी जाती है और जिसके अन्दर फ़्लोरीन मिला रहता है); ~-spar तरस्व, फ़्लोरस्पार।

fluoresce v.t. भ्राशमान होना, प्रतिदीप्त होना, रंगीन प्रदीप्ति और गुणका प्रदर्शन करना।

fluorescence n. तरस्व-भ्राशा, प्रतिदीप्ति, प्रकाश-तरंग; विकिरणन।

fluorescent a. भ्राशमान, देदीप्यमान, जाज्वल्यमान, प्रतिदीप्त, विकिरणित।

fluoric a. तरस्विक, दे० FLUORESCENT.

fluoride n. तरस्वेय, प्लुविद, फ्लोराइड।

fluorine n. (रसा०) तरस्विनी, फ़्लोरीन; एक अधातु तत्त्व, एक हरी गैस।

fluorite n. = FLUOR.

fluoroscope n. तरस्वेक्ष यन्त्र, दीप्तिवीक्षक यन्त्र।

fluoroscopy n. तरस्वेक्षा, दीप्तिवीक्षण।

fluorotype n. फोटोग्राफकी एक पुरानी पद्धति।

flurry १. n. उत्तेजना, जोश, हलचल, घबड़ाहट, हड़बड़ी, खलबली; अचानक वर्षा, अचानक झड़ी०; झोंका, आँधी, तूफान; झेल मछलीकी मृत्युजनक प्रसव-पीड़ा; २. v.t. (जल्दबाजी करके या शोरगुल करके) घबड़ा देना, जोश ला देना, हलचल मचा देना, हड़बड़ा देना, खलबली पैदा कर देना।

flush[1] १. n. खगवृन्द, पक्षियोंका समूह (जो एक साथ उड़ाया जाता है), टोली; २. v.t. & i. (पक्षियोंको) उड़ा देना; उड़ जाना।

flush[2] n. सम्प्रवाह, जलका वेगपूर्ण प्रवाह, पानीका तेज बहाव; जलप्रवाह द्वारा नालीका प्रक्षालन; ज्वरका आवेग, बुखारकी तेजी; किसी संवेग या विजय आदिके कारण प्रफुल्लता, प्रसन्नता, संवेग, ओज; शक्ति, स्वस्थता, तेज, बल, ताजगी; आकस्मिक बाहुल्य, आधिक्य, प्रचुरता; बदनारुणिमा, रक्तिमा, राग, लालिमा, ललाई; पनचक्कीके पहियेसे पानीकी गिरनेवाली धारा; चेहरेपर रक्तका संचार, खूनका दौरा; प्रकाश या रंगकी कान्ति; दमक, चमक; ~ latrine स्वक्षाल्य शौचालय।

flush[3] v.t. & i. (नाली आदिको) पानीसे साफ करना, धोना; प्रोत्साहन देना, गर्व, दर्प अथवा आवेगमें प्रज्वलित करना, भड़काना (*~ed with exercise*); कान्तिमय या दीप्तिमान करना, चमकाना, दमक लाना; (चेहरेका) तमतमा जाना, लाल हो जाना, सुर्ख हो जाना, शर्मिन्दा हो जाना, शर्मिन्दा करना; फुलाना; (रक्तका) दौड़ना और चेहरेको लाल कर देना; उद्धावन करना, वेगके साथ निकलना, उछल कर बाहर आना, निकल भागना; कान्तिमय होना, चमकना, दमकना; (चरा-गाहमें) पानी भर देना; पौधेमें नये अंकुर निकलना, (पौधेका) नये अंकुर फेंकना (प्रेरणार्थक भी, जैसे, *rain ~es the plants*)।

flush[4] n. ताशके एक ही रंगके पत्ते, फ्लश।

flush[5] १. v.t. जोड़को भरकर धरातलके बराबर कर देना; समतल करना, चौरस करना, बराबर करना; २. a. परिपूर्ण, भरपूर, लबालब; समतल, चौरस, बराबर, हमवार; सम्पन्न, समृद्ध, बहुल, पर्याप्त; (मुद्रा) प्रचुर, अधिक, भरापूरा।

flushing a. & n. जलधावन, उद्धावन, सम्प्रवाहण; सम्प्रवाहक (*~ tank*)।

flushness n. सम्पन्नता, बहुलता, प्रचुरता।

fluster १. n. चित्तभ्रम, उन्माद, मोह; आकुलता, व्याकुलता, व्यग्रता, किंकर्त्तव्यविमूढ़ता, दौड़धूप, घबड़ाहट, हड़बड़ी, खलबली, तमतमाहट, बेचैनी; २. v.t. & i. व्यग्र या व्याकुल कर देना, घबड़ा देना; मदिरा पिलाकर अर्द्धमूर्च्छित कर देना, किंकर्तव्यविमूढ़ कर देना, बेहोशी ला देना; व्यग्र या आकुल हो जाना, घबड़ाना, दौड़धूप करना, जल्दी करना, खलबलीमें पड़ जाना, हड़बड़ाना, हड़बड़ा जाना।

flustery a. व्यग्र, व्याकुल, भ्रान्त, किंकर्त्तव्यविमूढ़, घबड़ाया हुआ।

flustrate v.t. व्यग्र करना, किंकर्त्तव्यविमूढ़ करना, घबड़ा देना, हड़बड़ा देना।

flute १. n. वेणु, वंशी, मुरली, बाँसुरी; स्तम्भपर खुदी हुई खड़ी नाली, इसी प्रकारकी नाली जो अन्यत्र बनायी गयी हो, जैसे झालरोंमें; अरगन बाजाका पर्दा जिसमेंसे बाँसुरीकी-सी ध्वनि निकलती है; २. v.t. & i. बाँसुरीमें कोई राग या रागिनी बजाना, वंशी बजाना, मुरली टेरना; बाँसुरीकी-सी ध्वनिमें सीटी बजाना, गाना या बोलना।

fluted a. बाँसुरीकी-सी ध्वनिवाला; प्रणालित (*~ hole*); अलंकृत।

fluter n. वेणु-वादक, मुरली-गायक।

flutina n. वेणुका, ताल देनेके लिए वेणु-सा वाद्य-यन्त्र।

fluting n. नालीमत्ता, खम्भे आदिपर नाली बनाना, बेलबूटे बनाना, नक्काशी करना।

flutist n. वंशीधर, मुरलीधर, बाँसुरी बजानेवाला।

flutter १. n. पक्षस्पन्दन, फड़फड़ाहट; स्पन्दन, स्फुरण, विकम्प; कम्पन, सम्भ्रम, संवेग, चित्तभ्रम, चित्तवेग (*make a ~*); व्याकुलता, अतिव्यग्रता, घबड़ाहट (*be in a ~*); (ग्रा०) जुएकी दाँव, जुएकी बाजी, जोखिम; २. v.t. & i. पर मारना, पर झाड़ना, पर फड़फड़ाना; (ध्वजा आदिको) आन्दोलित करना, हिलाना, फहराना; (नाड़ीका) निर्बल और अनियमितरूपसे चलना, स्पन्दित होना, कम्पित होना, काँपना; व्यग्र या व्याकुल करना, घबड़ा देना; भाग जाना, उड़ जाना, मँड़राना; व्याकुल या व्यग्र होना या घबड़ाना, हड़बड़ाना; इठलाना, तड़पना।

flutterer n. स्फुरण करनेवाला; पक्षस्पन्दन करनेवाला,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

फड़फड़ानेवाला, व्यग्र करनेवाला ।

fluttering १. n. स्फुरण, स्पन्दन; २. a. कम्पमान ।

fluty a. मुरलीकी ध्वनिकी भाँति मनोहर, स्पष्ट, मृदु, मधुर, हलकी ।

fluvial a. नदीसे सम्बन्धित, नदीका, नदियोंमें पाया जानेवाला ।

fluvialist n. सरिद्विज्ञान-वेत्ता, नदी-शास्त्रका ज्ञाता ।

fluviatic a. सरिदीय, नदी-सम्बन्धी; नदियोंसे फलीभूत, नदीसे निर्मित ।

fluviatile a. (वन०) नदीमें पैदा होने या रहनेवाला ।

fluviograph n. सरिता-मान, नदीलिख, नदियोंका उतार-चढ़ाव नापनेका यन्त्र ।

fluviology n. सरिद्विज्ञान, नदी-शास्त्र ।

flux १. n. द्रावण; निस्सरण, स्यन्द, निकास, बहाव; क्षरण, स्राव, प्रवाह; रक्तस्राव, मल, गोबर या खून आदिका बाहर निकलना, अतिसार, (पहले) पेचिश; परिवर्तनमयता, परिवर्तनोंका निरन्तर क्रम (*in a state of ~*); (भौ०) निस्स्यन्दन, किसी सीमित क्षेत्रके आरपार किसी द्रवकी गति, निर्धारित समयमें किसी क्षेत्रको पार करनेवाली मात्रा या परिमाण; बाढ़, चढ़ाव (*~ and reflux*, प्रायः ला०); (गणित) रेखासंघ, अबाध या निरन्तर गति (*line is the ~ of a point*); वायु आदिका बहाव, धारा, बाढ़, तेजी; २. v.t. & i. द्रावकका प्रयोग करना, द्रव बनाना, द्रवित करना, तरल करना, गलना, पिघलना; अधिक मात्रामें बहना, प्रवाहमें निकलना, धारामें बाहर आना ।

fluxible a. द्राव्य, स्यन्दनीय, गलने योग्य ।

fluxility n. द्राव्यता, गलनीयता ।

fluxion n. (क्व०) प्रवाहन, प्रवाह, बहाव; (गणित) प्रवाहका अनुपात या गति; (क्व०) सतत परिवर्तन; *method of ~s* न्यूटनका कलन ।

fluxional, fluxionary aa. प्रवाह-सम्बन्धी, प्रवाह-विषयक, प्रवाहका; अस्थिर, प्रवहमाण ।

fly[1] n. मक्षी, मक्षिका, मक्खी, माछी; प्राकृतिक अथवा कृत्रिम मक्खी (जो मछलीके शिकारमें चारेके रूपमें प्रयुक्त की जाती है); मक्खियों द्वारा उत्पन्न पौधोंका रोग (a good deal of ~ exists); १. n. ~-blow मांस आदिपर मक्खीका अण्डा; २. v.t. गन्दा या दूषित करना; अण्डे देना; ~-blown (ला० एवं शा०) दूषित; ~-book मछलीके चारेका काम देनेवाली मक्खियोंके रखनेका डब्बा या बटुवा; ~-catcher शलभाश, एक मक्खीमार पक्षी; मक्खियोंको फँसानेका जाल; ~-fish (v. i.) बंसीमें मक्खी लगाकर मछली मारना; ~-flap चँवर, मोरछल, चौंरी; ~-paper माक्षिकपत्र; मक्खीमार कागज; *a ~ in the ointment* आनन्दमें बाधक एक नगण्य वस्तु, एक तुच्छ वस्तु जो आनन्दमें बाधा पहुँचाती है; *break ~ on wheel* शक्तिका अपव्यय करना, आवश्यकतासे कम या अधिक शक्ति क्षीण करना; *~ on wheel* वह व्यक्ति जो अपने प्रभावका गलत अनुमान करता है; *no ~ies on him* etc. (ग्रा०) किसी व्यक्ति या वस्तुकी क्षमताकी प्रशंसा;

~ agaric, ~ attack, ~-breeding, ~catcher-warbler, ~-fisher, ~-fishing, ~ flowers, ~ honeysuckle, ~ infection, ~ menace, ~net ~-proof, ~proof arrangement, ~proofing, ~proof pan-type latrine, ~tail, ~-tight cover, ~ trap.

fly[2] n. उड्डयन, उत्पतन, उड़ान, वह दूरी या फासला जितनी दूरतक उड़ा जाये; पर्दा और स्टेजके बीचका स्थान; काज, कपड़ेकी वह पट्टी जिसमें काज बने रहते हैं या जो काजोंके ऊपर रहता है; रंगमंचके ऊपरका स्थान; एक घोड़ेवाली किरायेकी गाड़ी; घड़ी और मशीनका गतिनियामक यन्त्र, चालको ठीक करनेकी कल; तम्बूके द्वारका पर्दा; झण्डेका वह भाग जो दण्डेसे सबसे अधिक दूर होता है, दण्डेसे लेकर कोनेतक झण्डेकी चौड़ाई; ~-leaf निरंक पत्र, पत्रावरण, मूलपृष्ठ, पत्र-संची, पन्ना, विज्ञापन या इश्तिहारका सादा पन्ना या वर्क; ~man वह व्यक्ति जो नाट्यशालामें रस्सी खींचनेके लिए नियुक्त रहता है; एक घोड़ेवाली गाड़ीका ड्राइवर; ~-sheet सहवर्ती विज्ञापन, दो या चार पन्नोंका विज्ञापन, इश्तिहार; ~-wheel प्रचक्र, चक्का; *on the ~* गतिमें, गतिशील, उड़ती हुई दशामें, उड़ानपर;

~-back, ~boat, ~ index, ~ sheet, ~ shunting, ~winch.

fly[3]* v.t. & i. उड्डयन करना, (हवामें परके सहारे) उड़ना*; हवाई जहाजमें जाना या उड़ना; (कबूतर या बाजको) उड़ाना* (*made sparks ~*); (बाजका) शिकारके ऊपर टूटनेके लिए चक्कर लगाना, ऊपर-ऊपर उड़ना; कतराना, बचना, भाग खड़ा होना, भाग जाना (*must ~ the country*); द्रुतगतिसे चलना, झपटना, बढ़ना; तेजीसे जाना या उठना या गुजरना; यात्रियोंको विमान द्वारा ले आना और ले जाना, विमानका मार्ग-निर्देशन करना, उड़नेका रास्ता बताना; कूदना, जल्दीसे जाना, कुलाँच मारना; (झण्डेको) लहराते हुए रखना, फहराना, लहराना; (झण्डा, बाल, वस्त्र आदिका) हिलना, लहराना, उड़ना, फहराना, फड़फड़ाना; चहरदीवारी या टट्टीको साफ-साफ पार कर जाना, कूद जाना, लाँघ जाना, फाँद जाना; पतंग उड़ाना; ~-away (व्यक्तियोंकी) चंचलता, चपल या अस्थिर बुद्धि; high-flown आडम्बरमय, उन्नत, ऊपर उठा हुआ, फूला या सूजा हुआ; *~ a kite* नवीन नीतिके प्रति जनता तथा विदेशी राज्योंके रुखको देखकर अपना मार्ग निर्धारित करना; यह ज्ञात करना कि हवा किस ओर बह रही है; सिफारिशी हुण्डीसे रुपया इकट्ठा करना या जुटाना; *~ at, upon* उग्ररूपसे आक्रमण करना; *~ high* उच्चाभिलाषी होना, बहुत आकांक्षा या लालसा रखना; *~ out* उद्दण्ड कार्य कर बैठना, क्रोध करना, आपेसे बाहर होकर अनाप-शनाप बकना; *~ to arms* युद्धके लिए उद्यत होना, झटसे हथियार उठाना ।

fly[4] n. (ग्रा०) सजग, सचेत, जाग्रत्, सावधान,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

५४५ Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

होशियार, खबरदार ।

fly-boy n. पत्र-चटु, उद्घाहक, हरकारा ।

flyer, flier n. विमानचालक, हवाबाज; फलाँग, छलांग; असाधारण या अति तीव्रगतिसे जानेवाला जानवर, पहिया आदि; उड़नेवाला पक्षी या चिड़िया (प्रायः, *high, poor, ~ etc.*)

flying a. क्रियागत अर्थोंमें; उड्डयी; वेगशील, द्रुतगामी (*~ column*); उतावलीमें किया हुआ या लिया हुआ; त्वरायुक्त, त्वरितगति, उड़ता हुआ, तेज; अविचारित, अनैमित्तिक, द्रुत, उतावला, चलते-फिरते (*~ visit*); झूलता हुआ, लटकता हुआ, अस्थायी (*~ bridge*); *~*-boat, समुद्री विमान, उड़न नौका; *~*-bomb उड्डयी प्रस्फोट, कर्णधार-विहीन स्फोटक विमान (जिसका सिरा टकराकर विस्फोट उत्पन्न करे), हवाई-गोला; *~*-buttress दीवारका चाकरूप बाँध या पुश्ता (जो खम्भेसे दीवारतक ढालू और प्रायः मेहराबदार हो); *~*-colours पूर्ण सफलता या विजय; फहराती हुई पताका, लहराते हुए झण्डे; *~*-dog एक प्रकारका चमगादड़; *~*-fish नभोमीन, उड़ाकू मछली; Barbado के निवासियोंका उपनाम; *~*-fox बल्गुल, बड़वागल, गेदुर; *~*-jump दौड़कर छलाँग मारना; *~*-machine वायुयान; *~*-man वैमानिक, विमानमें उड़नेवाला; *~* squad द्रुतगामी दल, (पुलिसका) तूफानी दस्ता ।

flype v. i. & t. विवस्त्र करना, निरावरण करना, नंगा करना; अंशतः प्रविष्ट करना, कुछ भाग अन्दर डालना ।

foal १. n. अश्वशावक, अश्वक, बालघोटक, खरशाव, टट्टू, घोड़े या गधे आदिका बच्चा, बछेड़ा या बछेड़ी; २. v.t. & i. जनना, जन्म देना, घोड़ी या गधीका बच्चा देना; *in with ~* गर्भवती, गर्भिणी, गाभिन ।

foalfoot a. = COLT'SFOOT.

foam १. n. (का०) समुद्र-झाग, फेन; पसीना, उत्लेक, (हिलाने-डुलानेसे ऊपर उठे हुए) बुलबुले, बुल्ले; २. v. i. (प्याला आदिका) झागदार शराबसे भर जाना, झाग उड़ाना, झाग बनकर उड़ जाना, फेन या झाग निकालते हुए चलना या दौड़ना; (पानी आदिका) फेनदार होना, फेनिल होना, मुँहसे फेन या झाग निकलना या आना, झाग निकालना, फेन उगलना या गिराना; *~ at the mouth* क्रोध करना;

~-born, *~*bow, *~*-crested, *~*-flanked, *~*-flecked, *~*-girt, *~*-lit, *~*-painted, *~* theory, *~* white.

foamless a. अफेण, बिना फेन या झागके ।

foamlessness a. फेन-राहित्य, बिना फेनकी स्थिति ।

foamy a. झागदार, फेनदार ।

fob[1] n. घटीकोष, घड़ी आदि रखनेकी छोटी जेब जो पहले बिरजस आदिमें होती थी; २. v.t. जेबमें रख लेना, डाल लेना ।

fob[2] v.t. किसी व्यक्तिको धोखा देकर (खराब चीज) दे देना; (किसी कम मूल्यवाली वस्तुको) मूल्यवान् और अच्छा बनाकर किसीके सर मँढ़ देना; छल कपट करना, धोखा देना, ठगना ।

focal a. एकत्रित, एक केन्द्र या स्थानपर स्थित, किरण-केन्द्रीय, नाभीय, नाभ्य, नाभि-; *~* distance *or* length नाभ्यायाम, नाभ्यन्तर;

~ chord, *~* illumination, *~* interval, *~* plane, *~* point, *~* type.

focalization n. नाभीयन, केन्द्रीकरण, स्पष्टीकरण, अभिसरणीकरण; *~* line नाभिरेखा; *~* power नाभ्य शक्ति ।

focalize v.t. नाभीयन करना, एक केन्द्रबिन्दुपर लाना, संकेन्द्रित करना ।

focimetry n. नाभिमिति, केन्द्रमिति ।

fo'c'sle n. = FORECASTLE.

focus १. n. नाभि; संगम, ध्वनितरंगोंका अभिसरण-बिन्दु; (प्रकाश, ताप, आदिका) किरणबिन्दु; विकिरणबिन्दु; (रोग, कार्य, आदिका) केन्द्र, मुख्य क्षेत्र, केन्द्रस्थान; लेन्स आदिका नाभ्यायाम या नाभ्यन्तर; संकेन्द्र (*in, out of, bring into, ~*); २. v.t. & i. एक बिन्दुपर अभिसरण करना या होना, मिलना या मिलाना; केन्द्र या नाभिमें लाना, संस्पष्ट करना, एकाग्र करना; (आँख, लेन्सकी) नाभि या फोकसको व्यवस्थित बनाना, केन्द्रण ठीक करना ।

focusing a. & n. नाभीयन, संकेन्द्रण, संकेन्द्रक;

~ hood, *~* knob, *~* scale, *~* screen, *~* screw.

fodder n. यवस, पशुभोजन, सूखी घास, तृण, चारा, भूसा; २. v.t. चारा देना, बुस देना;

~ crop, *~*-cutter, *~*-grass, *~* reserve.

fodderless a. बिना चारा भूसाके ।

foe n. (काव्य आदिमें) प्रतिपक्षी, विरोधी, रिपु, विपक्षी, अरि, शत्रु, वैरी, दुश्मन; *~*man (प्रा०) रणशत्रु या दुश्मन ।

f(o)etal a. भ्रूण-, भ्रूणविषयक, गर्भस्थ या अण्डस्थ शिशुसे सम्बन्धित; *~* period गर्भावधि ।

foetation n. गर्भधारण, गर्भावस्था, भ्रूणधारण ।

f(o)eticide n. भ्रूणहत्या, भ्रूणवध, गर्भस्थ या अण्डस्थ शिशुकी हत्या ।

foetid a. = FETID.

foetor n. दुर्गन्ध, बदबू ।

foetus, fetus nn. गर्भाशय; गर्भावस्था, भ्रूण, गर्भ, पिण्ड; गर्भस्थ शिशु, बच्चा ।

fog[1] १. n. लम्बी घास (जो जाड़ेके समय खड़ी छोड़ दी जाती है); काई, पहिली फसल कट जानेके बाद उगी हुई घास; २. v.t. भूमिको ऐसी दशामें छोड़ देना कि उसपर घास उगी रहे; जानवरोंको ऐसी घास खिलाना ।

fog[2] १. n. कुज्झटिका, धूमिका, कूहा, कुहरा, कुहासा, कुहेलिका; अन्धकार, अँधेरा, कुहरेके कारण धुँधलापन; (फोटोमें) विकासित प्लेट या तख्तीपरका अन्धकार या धुन्ध; २. v.t. & i. कुहरेकी तरह आवृत्त कर लेना, छा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

जाना, घेर लेना, ढक जाना; (फोटोको) धुँधला कर देना; व्यग्र कर देना, चकित कर देना, विस्मित कर देना, घबड़ा देना, परेशान कर देना; (रेलवेमें) कूहा-संकेतको पटरीपर रखना; (बागका) नमीके कारण मुरझा जाना, मर जाना; ~-bank कोहरेका बादल; ~-horn कूहा-शृंग, जहाजोंको कुहरेका संकेत करनेके लिए एक बाजा या हार्न; ~man (रेलवेमें) धौमिक; = FOGGER. ~-signal धूमिकासंकेत, कूहा-संकेत; *a ~ cannot be dispelled by a fan* ओस चाटे प्यास नहीं बुझती; *in a ~* किंकर्तव्यविमूढ़, व्यग्र, व्याकुल, परेशान, घबड़ाया हुआ, हैरान;

~ blue, ~bow, ~dog, ~eater, ~fruit, ~gange, ~ siren.

fogey n. = FOGY.

fog(e)ydom n. प्रतिक्रियावादी, प्राचीन विचारके लोगोंका गिरोह या समाज।

fogger n. धौमिक, कूहासंकेतको गाड़ीकी पटरीपर रखनेवाला व्यक्ति।

fogginess n. कूहाकीर्णता, अस्पष्टता, अन्धकार, धुँधलापन, धुन्ध।

foggy a. कूहाकीर्ण, कूहावृत्त, कुहरेसे आच्छन्न या घिरा हुआ, कुहरेदार, कुहरेसे सम्बन्धित, कुहरेकी भाँति, कुहरेका; अस्पष्ट, धूमल, धुँधला, गावदी, गड़बड़ (*has only a ~ idea of it*); अव्यक्त, अन्धकारमय।

fogram १. n. पुराणपन्थी, प्राचीन परिपाटीका व्यक्ति, दकियानूस, लकीरका फकीर; २. a. प्राचीन, पुराना।

fogy, -gey n. पुराणपन्थी, प्राचीन विचारका व्यक्ति, बुड्ढा, पुराना फूँस, = FOGRAM

fogyish a. कुछ पुराने विचारका-सा।

fogyism n. पुराणपन्थ, प्राचीन विचारके लोगोंका मत।

foh inter. छिः, थू-थू, तिरस्कारसूचक अव्यय।

foible n. (शस्त्रक्रीड़ा) तलवारकी धारका बीचसे नोकतकका भाग; चरित्रदौर्बल्य, चरित्रहीनता, अगुण, दोष, छिद्र, न्यूनता, दुर्बलता, निर्बलता, हीनता, वैकल्य, कमी, ऐब, कमजोरी।

foil[1] १. n. (स्था०) खिड़कीका चाप, खिड़कीकी बँगड़ी; पर्णी, पत्री, धातु जिसको कूट-पीटकर पतली चद्दरका रूप दे दिया जाता है (*gold ~*); इस धातुकी चद्दर, टीन और पाराका मिश्रण; २. v.t. (खिड़कीके ऊपर) चाप लगाकर सुसज्जित करना, खिड़कीपर बँगड़ियाँ लगाना (*~ed arch*)।

foil[2] १. n. (प्रा०) विफलता, निष्फलता, निवारण, परिहार, पराजय, हार; शिकारका रास्ता; २. v.t. & i. निष्फल या व्यर्थ कर देना, निवारण करना, परिहार करना, परास्त कर देना, हरा देना, मारकर भगा देना, खदेड़ देना, मात कर देना; (शिकारी कुत्तोंको धोखा देनेके लिए उनका रास्ता) काट देना; *run, run upon, the ~* उसी मार्गपर दुबारा दौड़ना।

foil[3] n. कुन्द धारकी तलवार (जिसकी नोकपर एक बटन लगी होती है और जो अभ्यास करनेमें प्रयुक्त होती है)।

foilable a. निवार्य, पराजेय, हराने योग्य।

foiled a. कुन्दधारकी तलवारकी तरह; ध्वस्त, पराजित, हारा हुआ।

foiler n. पर्णायक; दूसरेको घबड़ानेवाला।

foin v. i. बर्छी या तलवार भोंकना, घुसेड़ना।

foison n. अधिकता, प्रचुरता।

foist v.t. किसीके सर नकली चीज थोपना; प्रामाणिक वस्तुकी तरह चालू करना, असली कहकर चलाना, बुरी चीजको अच्छी चीज कहकर देना; धोखा या चालाकीसे मिश्रण करना, कोई बुरी चीज मिला देना, मिलौनी करना।

foister n कपटी, जालसाज, ठग।

fold[1] १. n. (ला०) धर्मसंघ, गिरजाघर; व्रज, मेषगोष्ठ, भेड़ोंका घेरा या बाड़ा, गोण्डा; २. v.t. (भेड़ोंको बाड़ेमें) घेर देना, बन्द कर देना, घुसेड़ देना, ओलियाना; खेतमें खाद देनेके लिए इसमें भेड़ें घेर रखना, भेड़ बैठाना।

fold[2]* १. n. वस्त्रभंग, भंज, भंजन; साँप, रस्सी आदिकी कुण्डली; (भूगर्भ०) परत या तहकी मोड़, शिकन; मोड़की लकीर; पर्वत आदिमें नीचा स्थान, कोना, घाटी, दो तहोंके बीच रिक्त स्थान, तह*, (*carried it in a ~ of her dress*); २. v.t. & i. तह होना*, दोहरा होना, मुड़ जाना, दोहरा या तह होनेके योग्य होना; (किसी वस्तुके एक भागको पीछे या नीचे) तहा देना; तह करना, भांजना*, दोहरा करना, दोहर देना, मोड़ देना; आवृत्त करना, आच्छादित करना, ढकना, लपेट देना (*~ it in paper*); (हाथोंको) इकट्ठा करना, जोड़ना; लिपटना, चिपटना; आलिंगन करना, लिपटाना; गुणा करना; (भुजा आदिसे) किसी चीजको चारों ओर जोरसे जकड़ना।

folded a. भंजित, भाँजा हुआ, तह किया हुआ; गुणीकृत; ढँका हुआ; द्विरावृत्त, पुटीकृत।

folder n. क्रियागत अर्थोंमें; (बहु०) तह हो जानेवाला चश्मा, मुड़नेवाली ऐनक; पुस्तिका, तह किये हुए विज्ञापन, इश्तिहार आदि ⊙; कागजको तह करने या मोड़नेकी मशीन।

folderol n. मूर्खता, निरर्थक बात।

folding १. n. भंजन, शिकन, मोड़, (तह करनेपर पड़ जानेवाली) भांज; २. a. भंज्य; *~ door(s)* टोटवाँ दरवाजे (जो खोलनेपर अपने आप बन्द हो जाते हैं और दोनों पाखोंपर जड़े होते हैं); *~ up* मोड़ करके इकट्ठा करना, कसा हुआ या दृढ़ बना देना;

~ chair, ~ department, ~ joints, ~ machine, ~ screen, ~ stool, ~ watertap.

foldless a. बिना तह या भांजका, स्तरहीन।

foliaceous a. पीट पीटकर पतला किया हुआ; पत्तोंसे सम्बन्धित, पत्तोंका; पर्णसदृश, पत्तीकी भाँति, पत्तीके समान, जिसके अंग पत्तेकी भाँति हों।

foliage n. (वन०) पर्णावली, पर्णसमूह, पल्लवचय, पल्लवगुच्छ, पर्ण, दल, पत्र, फूल-पत्ती, पत्ते, पत्तियाँ; ~-leaf बिना पंखुड़ियोंका पत्ता।

foliaged a. पल्लवगुच्छयुक्त, पर्णावलियुत, पर्णयुत,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

पत्तेदार, पत्तोंवाला ।

foliar a. पर्णीय, पर्ण-सम्बन्धी;
~ diagnosis, ~ gap, ~ spur, ~ stipule, ~ strand, ~ structure.

foliate[1] v.t. & i. पन्ने गिनना, पुस्तकोंके पत्रोंपर क्रमशः नम्बर लगाना; (द्वारमस्तक, महराब) पत्तियोंसे अलंकृत करना, पत्तियोंसे सजाना; पतली परतों या झिल्लियोंमें विभाजित करना, पीटकर पत्ती कर देना, झिल्ली कर देना, परत बना देना, पन्नी बनाना ।

foliate[2] a. पर्णावृत, पत्रयुक्त, पत्तीदार, पत्तियोंवाला; पत्राकार, पत्तीके सदृश, पत्तीकी भाँति; निश्चित संख्यामें पत्तियाँ रखनेवाला ।

foliated a. पर्णित, पत्तियोंसे भरा हुआ (~ *rock*) ।

foliation n. पन्नोंपर नम्बर लगाना; पत्तियोंसे अलंकार या सजावट करना; पर्णन, पीट-पीटकर परत, झिल्ली या पन्नी बनाना ।

foliature n. पत्रस्तवक, पत्तोंका झुरमुट; पत्रविभूषण, पत्तेदार सजावट ।

foliferous a. पत्रोत्पादक, पत्ते पैदा करनेवाला ।

folio n. छपी हुई पुस्तककी पृष्ठसंख्या; पर्णक, चर्मपत्र, कागज आदिका पृष्ठ, पन्ना, पृष्ठयुग्म, एकभंज, पन्ना जिसपर एक ही ओर नम्बर लगाया गया हो; लेख्य या दस्तावेजके विषय-विस्तारका अनुमान लगानेकी इकाईके रूपमें मान्य (७२ या ९०) शब्दोंकी संख्या; कागजका तख्ता जिसको केवल एक बार तोड़ा गया हो; इन तख्तोंसे बनी पुस्तक, वृहत्तम आकारकी पुस्तक या जिल्द, सबसे लम्बी-चौड़ी पुस्तक (गुण० भी *a* ~ *book*); बहीखाते आदिका एक पृष्ठ जिसपर लेन और देन दोनोंका हिसाब लिखा जाये या आमने-सामनेके पृष्ठ जिनपर हिसाब लिखे जायें; counter~ प्रतिपर्णक; *in* ~ केवल एक बार भाँजे गये कागजके तख्तेपर लिखी या छपी हुई पुस्तकें ।

foliobranchiate a. (प्राणिवि०) अंगपर्णसे युक्त, पत्रयुक्त, पत्तेजैसे गलफड़ेवाला ।

foliole n. किसलय, कोंपल, छोटी पत्ती, मिश्रित या यौगिक पत्तीका एक टुकड़ा ।

foliose a. पत्रयुक्त, पत्तेदार ।

folious a. पत्तेदार; झीना, निस्सार, पतला ।

folium n. (pl. *-ia*) पर्ण, पत्र, पत्ता ।

folk n. (बहु०) जनसमूह, जनसाधारण, लोक, जनता; (प्रा०) जन, राष्ट्र, जाति, लोग; जनसमूहसे सम्बन्धित, जन-सम्बन्धी (~*-custom*); ~-lore लोकवार्ता, किस्सा-कहानी, लोकविचार, जनविश्वास या मत, लोक-विश्वास आदिका अध्ययन;
~ etymology, ~land, ~lorist, ~ mote, ~ right, ~-song, ~ speech, ~-tale, ~-tune.

folky manner ⊙ n. मित्रतापूर्ण व्यवहार ।

follicle n. (वन०) रेशमका कोवा; स्यूनिका, कूप, शरीरस्थ रसस्रावी कूप, पुटक, झिल्लीदार छोटी थैली ।

follicular a. रेशमके कोयेसे सम्बन्धित; कूपीय, कूपिक, रसस्रावी कूपसे सम्बन्धित (~ *cell*) ।

folliculated a. रेशमके कोयेवाला; कूपयुक्त, पुटकमय ।

folliculitis n. (चिकित्सा) कूप-कोप, स्यूनिका-कोप, ग्रन्थि-कोप या शोथ, ग्रन्थि-शोथ ।

folliculous a. कूपयुक्त, स्यूनिकायुक्त, ग्रन्थिमय ।

follow १. n. (विश्रान्तिगृह) आधे भोजनकी पूरक मात्रा; (बिलियर्ड) ऐसा धक्का जिससे खिलाड़ीकी गोली दूसरी गोलीके साथ-साथ चली जाती है; इस धक्के द्वारा उत्पन्न गति; चाल; २. v.t. & i. (किसी पन्थका) अनुसरण करना, उसपर चलना, जाना; अनुकरण करना, विचारोंको ग्रहण करना, नकल करना, आज्ञाका पालन करना, पथप्रदर्शक मानना, अनुगमन करना, अनुगामी होना, पीछा करना, पीछे-पीछे जाना या चलना; (किसी व्यवसाय या पेशेको) ग्रहण करना; (किसी बातपर) दृढ़ रहना, पालन करना, चलना; अभिप्राय होना, तात्पर्य निकलना, मतलब होना (*it ~s that he was not there*); क्रमशः अथवा कालशः आना, क्रमसे अथवा समयके अनुसार आना; किसी वस्तुके बाद घटित होना; निम्नांकित या निम्नलिखित होना, किसी चीजके बाद दूसरी चीजका क्रममें आना (*his arguments are as ~s*); सेवा करना, साथ-साथ जाना; मानना (~ *in his steps*); परिणाम निकलना, फल होना (*trade ~s the flag*); (तर्क या वक्ताको) समझना; किसी झंझटमें फँसना, किसी मामलेमें फँसा होना; किसी लक्ष्यकी प्राप्तिके लिए सचेष्ट होना, किसी वस्तुके लिए चेष्टा करना, किसीके प्रति प्रयत्नशील होना; ~-on (क्रिकेट) किसी दलका एक बार खेलकर और विरोधी दलके सामने बहुत कम रन बनाकर खेलके लिए दुबारा मैदानमें आना; ~-up पुनः परीक्षा, किसी कार्यका नैरन्तर्य; अबाधता, चालू रहना; ~ *after* अनुसरण करना, अनुगमन करना, पीछे जाना; ~ *my leader* एक खेल जिसमें प्रत्येक खिलाड़ीको वही करना पड़ता है जो सरदार करे; ~ one's *nose* मुँह उठाये बिना सोचे-समझे चले जाना; ~ *up* (फुटबाल आदि) गेंद लेकर भागनेवाले खिलाड़ीको सहायता पहुँचानेके लिए उसके समीप ही रहना; एक प्रहार या चोट करके दूसरा प्रहार या चोट करना, धैर्यपूर्वक निरन्तर किसी काममें लगा रहना, जुटे रहना ।

follower n. अनुगामी आदि क्रियागत अर्थोंमें; परिचारिका-प्रेमी, किसीकी सेविका या परिचारिकासे विवाह करनेवाला व्यक्ति; श्रद्धालु; अनुचर, सेवक, अनुगतिक; अनुयायी, मत समर्थक, शिष्य, चेला ।

following[1] n. क्रियागत अर्थोंमें; अनुग, अनुगतिक-समूह, अनुयायी, अनुयायी दल, शिष्यसमुदाय ।

following[2] a. क्रियागत अर्थोंमें; निम्नलिखित, निम्न, निम्नांकित; अनुवर्ती, अगला; (*the ~ are noteworthy*) ।

folly n. निर्बुद्धित्व, अज्ञानता, मूढ़ता, मूर्खता, मन्द-मतिता, ज्ञानाभाव, बेवकूफी; बहुमूल्य भवन जो निरर्थक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

समझा जाये; मूर्खतापूर्ण कार्य या विचार, उपहासजनक वस्तु, बेवकूफीका काम ।

foment v.t. (राजद्रोह, आचरण, किसी विचार अदिको) उत्तेजित करना, उत्साहित करना, उत्तप्त करना, भड़काना, बल देना, उभाड़ना; गर्म दवाके पानीसे धोना, गर्मी पहुँचाना, तपाना, सेंकना ।

fomentation n. क्रियागत अर्थोंमें; प्रतितापन, गरम दवासे सेंक, सेचन (गरम फलालैनसे गरमीका पहुँचाना), सिकाई, उद्दीपन, उत्तेजन ।

fomenter n. उत्तेजक, प्रोत्साहन देनेवाला, बल देनेवाला, उभाड़नेवाला ।

fomes n. (चिकित्सा) इन्धूक, छूतकी बीमारीके कीटाणु फैलानेवाला एक पदार्थ, कोई रन्धिल पदार्थ ।

fond a. (~ *of*) प्रिय, स्नेहशील; अति अनुरक्त, अनुरागी, स्नेहमय, प्रेमी, प्रणयी, मुग्ध; मूढ़, तुरन्त विश्वास रखनेवाला, सीधा-सादा, भोला ।

fondant n. एक प्रकारका मिष्टान्न, मिठाई ।

fondle v.t. & i. प्रणयक्रीडा करना, पीठपर प्यारसे हाथ फेरना, पुचकारना, चुमकारना; आलिंगन करना, छातीसे लगाना, लाड-प्यार करना, दुलारना ।

fondling n. लालित शिशु, लाडला, दुलारा ।

fondness n. स्नेह, अनुराग, प्रेम, रति, प्रीति, चाव, मोह, भोलापन, सीधापन, सिधाई ।

font n. लैम्पका वह भाग जिसमें तेल रहता है; पवित्र जलका पात्र या हौज; बर्तन या हौज जिसमें बपतिस्माका पानी गिरता है; झरना, सोता, फव्वारा; उद्गम, स्रोत ।

fontal a. बपतिस्मासे सम्बन्धित, बपतिस्माका; प्रारम्भिक, आदिम, प्राथमिक, मौलिक आदि ।

fontanel n. (शा० र० शा०) विवार, खाली जगह ।

food* n. (मस्तिष्क, पौधे, उदर आदिका) आहार, भोजन, खाना, खुराक, गिजा; खाद्य पदार्थ, खाद्य*, अन्न* (~ *and drink*); विशिष्ट प्रकारका भोजन; ~grains खाद्यान्न; ~-poisoning अन्नविषायण; ~-stuff भोजनसामग्री, खाद्य पदार्थ; *be ~ for fishes* डूबकर मर जाना, डूब जाना; *be ~ for worms* मृत, मरा हुआ, मर जाना; ~ *for powder* सिपाही, फौजी आदमी;

~card, ~ chemistry, ~-conducting elements, ~ conference, ~ ontrol, ~ crisis, ~ crop, ~ deficit, ~-factor, ~ factory, ~grains licence, ~ granules, ~ industry, ~ laboratory, ~ manufacture, ~ material, ~ minister, ~ offence, ~ operating committee, ~ policy, ~ position, ~ problem, ~ processing committee, ~ production, ~ production target, ~ rationing, ~ relations, ~self-sufficiency, ~ship, ~ situation, ~ special, ~ sprayer, ~ standards, ~ statistics, ~ storage, ~ storage tissue, ~ subsidy, ~ supply, ~ surplus, ~ technology, ~ vacuole, ~ value.

foodful a. अधिक मात्रामें खाद्यसामग्री देनेमें समर्थ ।

foodless a. निराहार, भूखा, जिसको भोजन न मिले ।

fool[1] १. n. निर्बुद्धि, मन्दमति, प्रज्ञाहीन, अल्पधी, मन्द, जड़, मूढ़, मूर्ख, नादान, बेवकूफ आदमी; सीधा, आसानीसे ठगा जानेवाला, भोला-भाला मनुष्य; विदूषक, वैहासिक, भण्ड, भाँड, मसखरा; २. v.t. & i. मूर्खताका काम करना, समय नष्ट करना, उड़ा देना, वक्त गँवाना, बेवकूफोंका-सा काम करना; विदूषक या मसखरापनका-सा कार्य करना; धोखा देना, चाल चलना, बेवकूफ बनाना, चालबाजी करना; किसी व्यक्तिको धोखा देकर उससे रुपया पैसा ले लेना, चाटुकारी करके किसीसे रुपया खींचना; ३. a. निर्बुद्धि, प्रज्ञाहीन, अल्पधी, मन्द, जड़, मूढ़, मूर्ख, बेवकूफ; fool's-cap, foolscap मध्यकालीन यूरोपके विदूषक या मसखरेकी टोपी; मूर्ख विद्यार्थीकी कागजकी नुकीली टोपी; १७वीं शताब्दीके कागजका एक विशेष प्रकारका चिह्न; त्रिवितस्ति पत्र; १५ – १७ × १२ – १३॥ इंचके आकारका लिखने या छापनेका कागज; ~'s paradise मनमोदक, काल्पनिक आनन्द, मनके लड्डू; *a nod to the wise and a rod to the* ~ अकलमन्दको इशारा अहमकको फटकार; *no ~ like an old* ~ बुड्ढे बेवकूफ (प्रेमी)से अधिक बेवकूफ कोई नहीं होता; *play the* ~ विदूषक या मसखरेका काम करना, समय नष्ट करना; महान् मूर्खताका काम कर बैठना; *send, go, on ~'s errand* व्यर्थके काममें प्रवृत्त होना;

~-born, ~fish, ~-frequented, ~-happy, ~-headed, ~-heady.

fool[2] n. फलके रसका मलाईदार शर्बत ।

foolery n. प्रहसन, मूर्खक्रिया, मूढ़ता, मूर्खता, मूर्खता या बेवकूफीका काम, मजाक, दिल्लगी ।

foolhardiness n. उजड्डुपन, बेवकूफीकी बहादुरी ।

foolhardy a. अक्खड़, साहसिक कार्योंमें प्रमत्त रहनेवाला, उजड्डु, मूर्खवीर, प्रमत्तवीर, बेवकूफ बहादुर, उल्लू दिलेर ।

foolish* a. निर्बुद्धि, जड़, अज्ञान, मूढ़, मूर्ख; मूर्खतापूर्ण, नासमझ* ।

foolishness n. अज्ञानता, जड़ता, मूढ़ता, मूर्खता, बेवकूफी ।

foolocracy n. मूर्खोंका राज्य ।

foolproof a. मूढ़स्पष्ट, सुस्पष्ट, मूर्खतासे परे, जिसपर किसी मूर्ख व्यक्तिका प्रभाव न पड़े ।

foot[1]* n. चरण, पद, पाद, पैर*, पाँव; पदक्षेप, पग, चाल, गाम, कदम (*swift of* ~); (छन्द) पाद, चरण; नीचे जमी हुई मैल, गाद, तलछट; मोटी चीनी या शक्कर; फुट, १२ इंचकी एक नाप (*10 feet long*); पदातिक, प्यादा, पैदल सेना; (पृष्ठ, तालिका, पहाड़ी, सीढ़ी, दीवाल, आदिका) तल, तराई, पाईं; मोजेका वह भाग जो पाँवको ढकता है; विस्तर या कब्र आदिका निचला भाग, पयताना; आधार, पाया, कुर्सी, बैठक;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(वन०) वृन्त, डण्ठल, डण्डी; बालकी जड़; ~ and mouth (disease) पदास्य-रोग, एक प्रकारका ज्वर; ~ball पादकन्दुक, फुटबाल; फुटबालका खेल; ~baller फुटबालका खिलाड़ी; ~bath पादप्रक्षालन, पैरोंका धोना; पादप्रक्षालन-पात्र; ~board पादफलक, पट्टी या तख्ता; ~boy बालचर, बालभृत्य, हरकारा; ~-bridge संक्रमसेतु, पदातिसेतु; ~-fall चरणपात, पैरोंकी आहट या आवाज, चलनेका शब्द; ~-fault (टेनिसमें) पाद-स्खलन, चरणार्पण-दोष; ~-gear पादपरिधान, जूते, मोजे आदि; ~-guards पहरेदार, पैदल सेनाके दस्ते; ~-hill गिरिपाद, पहाड़की तराई, पहाड़की ढालका अन्तिम भाग; ~-hold खड़े होनेका धरातल, आधार, पैरोंका सहारा; ~-iron पावदान; बेड़ी; ~-lights रंगमंचके सामने एक ओरसे ढका हुआ प्रकाश; ~-loose स्वच्छन्द; ~man अँगीठीके छड़ोंसे लगा हुआ टेका; पदाति, पैदल सेनाका सिपाही, प्यादा; वरदी पहनकर खड़ा रहनेवाला नौकर; ~-mark पदांक, पदचिह्न, पावोंका निशान; ~-muff पैरोंको गरम रखनेके लिए चमड़े या ऊनका एक आवरण या मोजा; ~-note पादटीका, पादटिप्पणी, पृष्ठके नीचेकी टीका; ~-pace मंच; चाल, डग, कदम; ~-pad पावदान; डाकू, लुटेरा जो पैदल लूटमार करता हो; ~-pan पैरोंको धोनेका पात्र; ~-passenger पैदल चलनेवाला यात्री या मुसाफिर; ~-path पदातिपथ, पंथा, पार्श्वचर्या, पार्श्वपथ, पार्श्वपदी, पगडण्डी, पटरी, पट्टी, पैदल चलनेवालोंका रास्ता; ~-pound पादप्रांजलि, वह शक्तिमात्रा जो एक पौण्डके भारको एक फुट ऊँचा उठा सके; ~-print पदचिह्न, पावोंका निशान; ~-race पादधावन, दौड़की प्रतियोगिता, दौड़; ~-rot पादापक्षय, पादगलन, पाँयसड़ा, खुर्रा, खुरसड़ा, भेड़ और जानवरोंके पैरकी बीमारी; ~-rule पादरेखक, एकफुटा, एक फुटकी पटरी; ~-slogger (ग्रा०) पदाति, पैदल चलनेवाला, पैदल चलनेवाली सेनाका सिपाही; ~-slogging (ग्रा०) पैदल चलना, पैदल चलनेवाला; ~-sore पादक्षत, क्षतपाद, पैदल चलते-चलते जिसके पैरोंमें घाव हो गया हो; ~stalk (वन०) पादवृन्त, पत्ती या फूलका डण्ठल; ~step पदचिह्न, चाल, कदम; ~-stool पादपीठ, पीढ़ा, मूँढ़ा, स्टूल; ~-track पगडण्डी; ~-warmer पैरोंको गर्म करनेकी वस्तु; *carry one off his feet* उत्साही बनाना, उत्साहमय करना, प्रोत्साहन देना, जोश देना; *find, know, length of* one's ~ अपने अवगुण या दोष और त्रुटियाँ जानना, अपनेको वशमें रखना; *have feet of clay* स्थानच्युत होना, पराजित किये जाने योग्य होना, हरैला होना; *have one ~ in grave* मरणासन्न होना, मृत्युके समीप होना; *keep* one's *feet* अपने स्थानपर स्थिर रहना, अपनेको सँभाले रखना, खड़े रहना, न गिरना; *on ~* पैदल; *put* one's *best ~ foremost* भरसक प्रयत्न करना; *put* one's *feet down* (ला०) स्थायी स्थिति बना लेना, जम जाना, टिक जाना, अड़ जाना; *put* one's *feet in it* बहुत भारी गलती करना, चौपट कर देना; *set on ~* आरम्भ करना; *set, put, have,* one's *~ on the neck of* पूरी तरहसे कुचल देना, दबा देना, झुका देना, काबूमें रखना; *show the cloven ~* भेद खुल जाना; *with* one's *feet foremost* मरनेके बाद समाधिपर या दफनानेके लिए ले जाया जाना, मरकर ठिकाने लगना;

~ artillery, ~band, ~ binding, ~-blower, ~ breadth, ~-candle, ~ cells, ~cloth, ~ covering, ~ drill, ~ exhausting pump, ~fight, ~-free, ~-grain, ~halt, ~ hook, ~lining, ~plate, ~ pump, ~rail, ~rest, ~room, ~rope, ~-rot, ~ scale, ~ screw, ~ second unit, ~ slog, ~stall, ~stone, ~ -stump, ~ switch, ~-ton, ~walk, ~wall, ~ way, ~wear, ~-weary, ~work, ~-worn.

foot[2] v.t. & i. (क्र०) पैदल चलना, पैरों चलना, कदम रखना; (मोजेका) नया पैर बनाना; (हिसाब या रकम आदिका) एकत्रित होना, इकट्ठा होना, जमा होना; ऋण अदा करना, चुकाना (*~ing the bill*); योग करना, हिसाब जोड़ना, हिसाब लगाना, जमा करना; लात मारना, ठुकराना; *~ it* (क्र०) पैदल जाना, कदम उठाना, नृत्य करना, नाचना।

footage n. फुटोंमें लम्बाई (जैसे सिनेमा-फिल्मकी)।

footed a. पदमय, चरणयुक्त, पादयुक्त, पैरवाला; जिसके पास पैदल सेना हो; एक फुटका, पाये या कुरसीवाला।

footer n. (ग्रा०) (फुटबाल) (बाजी जीतनेसे पहलेकी) ठोकर।

footing n. पादासन, पादपीठ, चरणपीठ; (शा० एवं ला०) भूमि, धरातल, अवलम्ब, आधार, स्थिति; पादक्षेप, स्थायित्व, पाँवका जमाव, पैरकी टेक, पाँव रखना; एक स्तम्भकी संख्याओंका कुलयोग (निकालना); (नवीन स्थान, पद, व्यापार, समाज आदिमें) प्रवेश; (दूसरोंके प्रति किसी व्यक्तिकी) स्थिति, अवस्था, दशा, घनिष्ठता, सम्बन्ध आदि; दीवाल आदिका आगेकी ओर बढ़ा या निकला हुआ भाग, कगर; *pay for* or *pay* one's *~* (किसी पद, व्यापार या समाजमें) प्रवेश पानेका निश्चित शुल्क देना।

footle १. n. मूर्खता, मूढ़ता, बेवकूफी; निरर्थक वार्तालाप, बकवास, गपशप; २. v. i. (ग्रा०) मूर्खतापूर्ण कार्य करना, तुच्छ या नीच काम करना, हलकी बात कहना या करना, मूर्खोंका-सा काम करना।

footless a. चरणशून्य; पदरहित, पादहीन, बिना पैरका, बिना पैदल सेनाके, बिना एक फुटका, बिना पीठिका या कुरसीका; व्यर्थ, निरर्थक, बेतुका ⊙।

footling a. घृण्य, नगण्य, तुच्छ, नीच।

foots n. (pl.) अवसाद, तलछट।

footy a. अवसादीय, अवसादयुक्त, तलछटवाला।

foozle १. n. भोंड़ी असफलता, भद्दापन, भोंड़ापन,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

गड़बड़ी, फूहड़पन, खराबी; २. v.t. (ग्रा०) भद्दा कर देना, बिगाड़ देना, गड़बड़ा देना, खराब कर देना।

fop n. वेषाभिमानी, दम्भी, आडम्बरी, छैला, बाँका या बना-ठना व्यक्ति।

fopling n. वेषाभिमान या रूपगर्वका प्रकट करना, दम्भका दिखावा, आडम्बर-प्रदर्शन, छैलापन या बाँकापन-का दिखाना।

foppery n. दम्भ, आडम्बर, बनाव-ठनाव, छैलापन, बाँकपन।

foppish n. दम्भी, आडम्बर करनेवाला, रंगीला, अल-बेला, बाँका, बनने-ठननेवाला।

foppishness n. आडम्बर, दिखावा, छैलापन, बाँकपन, बनाव।

for* prep. (के) निमित्त, लिए*, के हेतु, वास्ते; क्योंकि, के कारणसे, की वजहसे; प्रति, की ओर, को; ~ *all that* तो भी; ~ *and against* पक्ष और विपक्षमें; ~ *instance* उदाहरणार्थ, उदाहरणस्वरूप; ~ *life* आजीवन, जीवनपर्यन्त; ~ *long* देरतक; ~ *the* (के) सम्मानमें; ~ *why* किस लिए, किस कारण।

forage १. n. (घोड़ों और जानवरोंका) दाना, चारा, यवस, खूराक; खाद्यान्वेषण, चारेकी खोज; २. v.t. & i. चारा देना, चारेकी सप्लाई करना; चारा इकट्ठा करना, चारेकी खोजमें फिरना, चारा खोजना या ढूँढ़ना; (ला०) किसी वस्तुकी खोज करना, छान मारना; उजाड़ना, लूटना; ~-cap पैदल सिपाहियोंकी एक टोपी; ~ crops पशुशस्य।

forager n. खाद्यान्वेषक, चारा खोजकर लानेवाला।

foraging n. चारेके लिए परिभ्रमण, यवस-विचरण।

foramen n. (pl. *-mina*) (अस्थि-) छिद्र, विवर, रन्ध्र, रन्ध्रक, छेद, मार्ग, मुँह, सूराख।

foraminate, foraminated aa. छिद्रिल, छिद्रमय, विवरयुक्त, छेददार, सूराखदार।

forane a. दे० VICAR-FORANE; ग्रामीण, देहातका।

forasmuch(as) conj. क्योंकि, चूँकि, यह देखते हुए कि, जब कि, इसलिए कि।

foray १. n. आक्रमण, धावा, चढ़ाई, हमला; २. v. i. आक्रमण करना, धावा बोलना, चढ़ाई करना या करने चलना, हमला करना।

forbear[1] n. पूर्व पुरुष, पूर्वज, पुरखे, बाप दादा।

forbear[2] v.t. & i. क्षमाशील या सहनशील होना, सहन करना, सहना, धैर्य रखना, धैर्यवान् होना, धीरज रखना; उल्लेख न करना, प्रयोगमें न लाना, प्रयोग न करना, जिक्र न करना; निवृत्त होना, विरत रहना, बचे रहना, अलग रहना, रुकना, परहेज करना; बचाना, जाने देना।

forbearance n. क्षमा, धैर्य, सहनशीलता, तितिक्षा, सहिष्णुता, धीरज; निवृत्ति, विरति, विराम, परिहार, बचाव, परहेज।

forbid v.t. (परिस्थिति, बाधा आदिका) अवांछनीय बना देना, अप्रार्थनीय कर देना, निरोध करना, निवारण करना, बहिष्कार करना, रोकना; (किसी कामको करने या कहीं जानेकी) आज्ञा न देना, निषेध करना, मना करना, रोकना, वर्जना (~ *him to go*); *God* ~ ! ईश्वर न करें ! ऐसा न हो !

forbiddance n. प्रत्यादेश, प्रत्याख्यान, निरोध, निवारण, बहिष्कार; निषेध।

forbidden a. निषिद्ध, वर्जित; ~ *fruit* महानिम्ब; निषिद्ध ईप्सित वस्तु।

forbidder n. निषेध करनेवाला, निरोध करनेवाला।

forbidding a. घृणाजनक, घृण्य, घृणावह, बीभत्सता-जनक, अनिष्ट, कुरूप, भद्दा, रोकनेवाला।

forbiddingness n. घृणावाहकता, बीभत्सजनकता, घृण्यता, कुरूपता, भद्दापन।

forby prep. निकट, संलग्न; अतिरिक्त, अलावा।

force[1]* n. सामर्थ्य, शक्ति, ओज, गति, बल*, जोर, ताकत; सैनिक शक्ति या बल*; अनीकिनी, चमू, सेना, सैन्यदल, फौज, टुकड़ी, पुलिस; बलपूर्वक शासन, जबर-दस्ती; आवेग, प्रबलता, प्रचण्डता, अधिक प्रयत्न; (भौति०) (ला०) शक्तिमान् (*considers* himself *a* ~ *in the world*); बलकी प्रचण्डता या प्रबलता; गत्यात्मक शक्ति, गतिक ऊर्जा; ताप या गति आदिका निमित्त, कारण; (शिथिल प्रयोग) उपयुक्तता, गुण, अच्छाई, खूबी (*can't see the* ~ *of doing what* one *dislikes*); नियत्रणशक्ति, प्रतीति उत्पन्न करनेकी शक्ति, प्रभावकारी शक्ति, आतंक; तेज; नैतिक अथवा मानसिक शक्ति (*there is* ~ *in what you say*); मान्यता, सबलता, प्रामाणिकता (*law remains in* ~); निश्चित अर्थ, उपयुक्त अर्थ, ठीक-ठीक अर्थ, सही मानी; ~-pump बलोदंच; पानी चढ़ानेका पम्प; *by* ~ बलात्, बलपूर्वक, दबावसे, जबर्दस्तीसे; *by* ~ *of* द्वारा, साधनसे; *in* ~ प्रवृत्त, लागू, जारी; अधिक संख्यामें, बहुत बड़ी संख्यामें; *in great* ~ सबल, ओजस्वी, शक्तिमान्, सजीव; *join* ~*s with* संयुक्त बल लगाना; *put in* ~ बल देना या लगाना; लागू करना; *the F*~ पुलिस।

force[2] v.t. बलात्कार करना, बलका प्रयोग करना, जबर्दस्ती करना; (गढ़, किला, दर्रा आदिको) वशमें कर लेना, प्रवेश कर चुकना, जबर्दस्ती (अधिकारमें कर) लेना, अपहरण करना, हाथोंसे ऐंठ लेना, मरोड़ लेना, झपट लेना, जबर्दस्ती छीन लेना, मार लेना (~ *it out of his hands*); (ताले, दरवाजे आदिको) बलपूर्वक तोड़ देना, खोल देना; आगेकी ओर बढ़ाना या ठेलना, दबाना, ढकेलना, धक्का देना; अप्रौढावस्थामें ही कृत्रिम उपायों द्वारा (पौधे या छात्रमें) प्रौढता या परिपक्वता लानेकी चेष्टा करना; बलात् करवाना, विवश करना, बाध्य करना, दबाव डालना, लाचार करना, मजबूर करना, थोपना; (शब्दोंपर) खींच-तानकर अर्थ लादना, उद्योगसे या खींचतानकर (शब्दोंका) अर्थ निकालना, पैदा करना या लगाना; भरसक प्रयत्न करना, पूरी शक्ति खर्च कर देना, अन्त कर डालना; उद्योगसे उत्पन्न करना, जबर्दस्ती बनाना (~ one's *way*); किसीके

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

ऊपर कोई चीज लाद देना, मनवाना; ~ *a card* किसीके सामने (ताशके) पत्तेको इस प्रकार रखना कि वह अपने-आप वही पत्ता खींचे जिसको जादू दिखानेवाला उसे देना चाहता है; ~ *a smile* अपने चेहरेपर जबर्दस्ती मुसकान लाना, जबर्दस्ती हँसना; ~ one's *hand* (किसी व्यक्तिको उसकी इच्छाके विरुद्ध) बाध्य करना, (असमयपर ही कोई काम करनेके लिए) विवश करना; ~ *the pace* or *running* (दौड़में प्रतियोगीको शीघ्र थकानेके लिए) चालको बढ़ा देना।

force[3] n. जलप्रपात, झरना।

forced a. यत्नकृत, क्लिष्ट; बलात्कृत; ~ labour बेगार; ~ march वह चाल जिसमें अधिक प्रयत्नकी आवश्यकता पड़े; संकट-प्रस्थान।

forceful a. अमोघ, प्रभावशाली, प्रभावयुक्त, उग्र, तीक्ष्ण, दृढ़, ओजस्वी, मर्मस्पर्शी, बलयुक्त, बलवान्, शक्तिमान्, क्षम, प्रबल, समर्थ।

forcefulness n. अमोघत्व, क्लिष्टता, प्रभावशालिता, उग्रता, तीक्ष्णता, बलवत्ता, दृढ़ता, ओजस्विता, क्षमता, प्रबलता, समर्थता।

forceless a. सामर्थ्यशून्य, निर्बल, निःशक्ति, बलहीन, कमजोर; सेना-रहित, सैनिक शक्तिसे रहित; अप्रामाणिक, मान्यताहीन; प्रभावहीन, प्रचण्डताशून्य, आतंक-रहित।

force-meat n. कटा हुआ मसालेदार गोश्त (जिसको भरकर पकाते हैं)।

forceps n. (बहु० और एक०) सन्दंशिका, सन्दंशक, संड़सी, चिमटी; (श० र० शा०) कृमि, जन्तु आदिका इस चिमटीसे मिलता-जुलता अंग।

forcible a. (कार्य, कलाकार, शब्द, शैली आदि) प्रबल, समर्थ, अमोघ, ओजस्वी, मर्मस्पर्शी, प्रतीति उत्पादक, प्रभावोत्पादक, प्रभावपूर्ण; बलात्कृत, बलपूर्ण (~ *entry*)।

forcibleness n. प्रबलता, समर्थता, ओजस्विता, प्रभावशालिता, प्रभावपूर्णता, बलशालिता।

forcing n. संवर्धन; ~-house, ~-pit पौधोंको संवर्धित करनेके लिए बने घर या गड्ढे।

forcipate, forcipated aa. चिमटीके आकारका, चिमटी की तरह बना हुआ।

forcipiform a. दंशिकारूप, चिमटीके आकारका।

ford १. n. तरणी; घाट, नदी आदिका वह छिछला स्थल जिसको खड़े-खड़े पार किया जा सके; २. v.t. & i. चलकर नदी आदि पार करना, पानीको खड़े-खड़े पार करना, घाट उतरना।

fordable a. तरणीय, चलकर या खड़े-खड़े पार करने योग्य।

fordless a. औघट, जिसपर उतरनेका कोई स्थान न हो, जहाँ घाट न हो।

fordo v.t. नष्ट करना, अन्यथा करना, रद्द कर देना।

fordone a. नष्ट; क्लान्त, श्रान्त, थककर चूर।

fore[1] १. n. जहाजका अगला भाग; अगला भाग, आगे या सामनेका भाग; २. a. सम्मुख, सम्मुखस्थित, आगे, सामने; प्रमुख, मुख्य, विशेष; *at the* ~ (नौवि०) जहाजके अगले भागके मस्तूलके ऊँचे सिरेपर; *come to the* ~ प्रमुख भाग लेना, अगुआ रहना, *to the* ~ स्थानपर उपस्थित, प्राप्य, सुलभ, समीप, तैयार; सजीव, जीवित।

fore[2] १. prep. (शपथ ग्रहणमें) उपस्थितिमें; २. adv. सम्मुख, सामने, आगे; ~ *and aft* अन्वायाम, जहाजका अगला और पिछला भाग, पूरे जहाजपर (लम्बाईमें), आगेसे पीछेतक, यहाँसे वहाँतक; ~ *and aft rigged* (जहाज) अगले और पिछले भागमें पाल वाला; ~ *George* जार्जकी शपथ, जार्जकी कसम;

~ court, ~ date, ~ day, ~ deck, ~ doom, ~-edge, ~-feeling, ~ hammer, ~ horse, ~ judgment, ~ name, ~notice, ~ plant, ~ quarter, ~ rank, ~ ship, ~ tooth, ~ wind, ~ yard.

fore[3] int. (गॉल्फ) गेंदको चोट करते समय सामनेके लोगोंको सावधान करनेके लिए उच्चरित शब्द।

forearm[1] n. प्रबाहु, अग्रहस्त, अग्रबाहु, अग्रभुज; पक्षाग्र, पंखका अगला भाग।

forearm[2] v.t. पहलेसे शस्त्रास्त्रसे सुसज्जित होना, तय्यार रहना।

forebode v.t. (प्रायः अनिष्टकी) पूर्वसूचना पाना, पूर्वज्ञान होना, पहलेसे जान लेना; सूचित करना, आगम बतलाना, जताना; (क०) भविष्यवाणी करना, भविष्य बतलाना।

forebodement, -boding n. आपत्ति या अनिष्टका पूर्वज्ञान; (क०) शकुनकी पूर्व सूचना, भविष्यकथन, भविष्यवाणी।

fore-cabin n. जहाजके अगले भागमें (प्रायः द्वितीय श्रेणीके यात्रियोंका) कमरा।

forecast[1] n. भविष्यकथन, अग्रनिरूपण, पूर्वनिरूपण, पूर्वानुमान, पूर्वविचार, पूर्वकल्पना; (क०) विवेक, विचक्षणता, दीर्घदृष्टि, दूरदर्शिता।

forecast[2] v.t. पूर्वानुमान करना, पहलेसे ही कल्पना करना, अटकल लगाना, अन्दाज भिड़ाना।

forecastle, fo'c's'le n. (व्यापारिक जहाजमें) डेकके नीचेका अगला भाग (जहाँ मल्लाह रहते हैं); (प्रा०) जहाजके माथेपर थोड़ा ऊँचा डेक।

foreclose v.t. & i. प्रतिबन्ध लगाना, उपभोग करनेसे रोकना, बाधा डालना, बन्द करना; (विवादास्पद विषयको) पूर्वानुमानसे तय कर लेना; (~ *a mortgage*) विमोचनके अधिकारको छीन लेना, ले लेना, (विमोचनके अधिकारपर) प्रतिबन्ध लगाना, रोकना, मना करना; (बन्धक-विधान) विमोचन-निषेध करना।

foreclosure n. बन्धक विमोचनके अधिकारका अपहरण, विमोचन, रोध, प्रतिबन्ध, निषेध, प्रतिषेध, रोक-रोक, जब्ती, छुड़ानेकी रोक।

forefather n. (एक०, क०) पूर्वज, पूर्वपुरुष; (बहु०)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

पूर्वज, पूर्वपुरुष, पूर्वग, प्रजनयिता, पितामह, प्रपितामह, बाप-दादे, पितर, पुरखा, (शिथिल अर्थमें) पूर्वपीढ़ी।

forefinger n. तर्जनी, अँगूठेके पासकी अँगुली।

forefoot n. अग्रपाद, चौपायेका एक अगला पैर, जानवरकी अगली टाँग; (नौवि०) (जहाजके पेंदेमें लगी हुई) शहतीरका अगला भाग या मार्ग (*crossing our* ~)।

forefront n. सेनामें सबसे आगेका भाग, पुरोभाग, मुख, सबसे आगेकी टुकड़ी (*in the* ~ *of the battle*)।

forego v.t. & i. समय या स्थानमें पहले रहना, पहले आना; त्यागना, छोड़ना; पूर्वनिर्धारित निर्णय, पूर्वनिर्णीत सिद्धान्त, पूर्वनिश्चित निष्कर्ष।

foregoer n. पूर्वज, पूर्ववर्ती, पूर्वाधिकारी; त्यागी।

foregoing a. पूर्वगामी, पूर्ववर्ती, पूर्वोल्लिखित, पहलेका (~ *section*)।

foregone a. अतीत; पूर्वनिश्चित; ~ *conclusion* पूर्वचिन्तित परिणाम या फल।

foreground n. अग्रभूमि, पुरोभूमि; पूर्वपीठिका; चित्रका सम्मुख दृश्य या भाग (जो निरीक्षक या दर्शकके निकटतम हो)।

forehand १. n. सवारके सामनेका घोड़ेका भाग; लाभ; २. a. (टेनिस आदिमें गेंदपर की चोट) हाथको आगे करके की हुई या मारी हुई।

forehanded ⊙ a. धनी, समृद्ध, धनाढ्य; चतुर।

forehead n. मस्तक, ललाट, भाल, माथा।

foreign a. पारदेश्य, पारदेशिक, वैदेशिक, विदेशीय, विदेशी, भिन्नदेशोद्भव, विदेशज, परदेशी; दूसरे व्यक्ति या वस्तुकी ओरसे आयी हुई, दूसरेकी; बहिर्भव, बहिःस्थित, बाह्य, बाहरी (~ *body* or *substance in the tissues* etc.); अनुपयुक्त, भिन्न, इतर, असदृश, अप्रकृत, अप्रासंगिक, अप्रस्तुत, असम्बद्ध, व्यर्थ; (रेलवेका) दूसरी कम्पनीका; यूनाइटेड किंगडम या अँग्रेजी भाषाभाषी उपनिवेशोंसे भिन्न किसी देशका; ~ office परराष्ट्र विभाग या इसका भवन, वैदेशिक विभाग, विदेशी कार्यालय; ~ parts परराष्ट्र, परदेश, विदेश;

~ administration, ~ administrator, ~ admixture, ~ affairs, ~ assignment, ~ attachment, ~ bank reference, ~ bill register, ~ bill stamp, ~ booking, ~ branch, ~ charity, ~ coin, ~ collector, ~ company, ~ competition, ~ consul, ~ corporation, ~ cotton, ~ country, ~ court, ~ currency, ~ department, ~ domicile, ~ dominion, F~ Embassy, ~ exchange, ~ exotics, ~ exporter, ~ factor, ~ frontier, ~-going ship, ~ government, ~ grains, ~ importer, ~ imports, ~ instrument, ~ investment, ~ judgment, ~ jurisdiction, ~ jury, ~ kingdom, ~ law, ~ leaves, ~ liquor, ~ manufacturer, ~ market, ~ material, ~ matter, F~ Minister, ~ mission, ~ national, ~ notes, ~ object, ~ passport, ~ personnel, ~ place, ~ policy, ~ post, ~ possessions, ~ powers, ~ public debt, ~ railway, ~ rate advice, ~ rectified spirit, F~ Relations Act, ~ remittance, ~ sea, ~ service, ~ settlements in India, ~ ship, ~ state, ~ steamer, ~ substance, ~ territory, ~ trade, ~ vessel, ~ visitor, ~ voyage, ~ wife, ~ yarn.

foreigner n. विदेशसे आया हुआ पशु या वस्तु, विदेशी जहाज; विदेशीय, वैदेशिक, पारदेशिक, विदेशी या परदेशी आदमी, विदेशमें उत्पन्न या विदेशी भाषाभाषी व्यक्ति।

foreignism n. परराष्ट्रानुकरण, विदेशानुसरण, परराष्ट्रकी नीति।

foreignize v.t. & i. विदेशका अनुकरण करना, (विचार आदिमें) विदेशी बना देना या बन जाना।

foreignness n. विदेशिता, अन्यदेशीयता।

forejudge v.t. पूर्वनिश्चय करना, पूर्वनिर्णय करना, (साक्ष्य या गवाही सुननेके) पहले ही निर्णय करना या निश्चित करना।

foreknow v.t. पूर्वज्ञान प्राप्त कर लेना, भविष्य-ज्ञान या अग्रज्ञान होना, अनुमान करना।

foreknowledge n. भविष्यज्ञान, पूर्वज्ञान, अग्रज्ञान।

foreland n. अग्रभूमि, किसी वस्तुके सामनेका भूखण्ड; अन्तरीप, स्थलभाग जो समुद्रमें घुस गया हो, रास।

foreleg n. पशुकी अगली टाँग।

forelock[1] n. अग्रकेश, भालकेश, मस्तकपरके बाल; *take time, occasion,* etc. *by the* ~ सुयोग न जाने देना, अवसरको हाथसे न जाने देना, अवसर न चूकना।

forelock[2] १. n. छड़, कील, (दरवाजेके बोल्टके छेदमें घुसेड़ा हुआ लोहे या किसी अन्य) धातुका टुकड़ा; २. v.t. कील लगाना, छड़ लगाकर सुरक्षित करना।

foreman n. पंच, अध्यक्ष, प्रमुख, अग्रणी, अगुआ, सरदार; कार्यदेशक, प्रधान कर्मचारी, अधिकर्मी, चौधरी, जमादार; न्यायसभाका सभापति और प्रतिनिधिवक्ता, जूरीप्रमुख।

foremast n. अग्रकूपक, जहाजका आगेका निचला मस्तूल; ~man छोटे अफसरके पदके नीचेका पोतसंचालक या नाविक।

forementioned a. पूर्वोल्लिखित, पूर्ववर्णित।

foremost १. a. सर्वोत्तम, सर्वोपरि, प्रमुख, मुख्य, प्रधान, प्रथम, श्रेष्ठ; अग्रतम, सबसे आगे, सबसे आगे बढ़ा हुआ, सबसे अधिक; २. adv. प्रथमतः, सर्वप्रथम, सबसे पहले (प्रायः *first and* ~); *head, end,* etc. ~ सरके बल, सर आगे किये हुए या आगे निकाले हुए।

forenoon n. प्रातःकाल, पूर्वाह्न, सवेरा, सुबह, मध्याह्न-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

के पूर्वका समय ।

forensic a. विधि-, वैधिक, न्यायालयमें प्रयुक्त, न्यायालयीय, न्यायालय या कचहरीसे सम्बन्धित, कानूनी-, अदालती; ~ medicine व्यवहार-आयुर्विज्ञान, वैध आयुर्वेद ।

foreordain v.t. अग्रनिर्देश करना, पहलेसे नियुक्त करना या ठहराना, पूर्वनिश्चय कर देना, पहलेसे ही निर्धारित करना ।

foreordination n. नियति, पूर्वविधान, अग्रनिर्देश, पूर्वनिश्चय, पूर्वनिर्धारण ।

forepeak n. (नौवि०) जहाजके अगले सिरेकी नोक, बाहरकी ओर का किनारा ।

fore-reach v.i. & t. झपटना, लाँघना ।

forerun v.t. अग्रसर होना, आगे-आगे भागना, बढ़ना, अगवानी करना; पूर्वसूचना देना, पहलेसे ही किसी बातका चिह्न बनाना, पहलेसे प्रकाश डालना, पहलेसे ही जता देना ।

fore-runner n. पूर्वपुरुष, पूर्वज; अग्रगामी, पुरोगामी, पूर्वनिर्देशक, पूर्वसूचक, अग्रदूत, हरकारा ।

foresail n. अगले मस्तूलका प्रधान या अगला पाल ।

foresee v.t. दूरदर्शितासे काम लेना, दूरदर्शिता करना; पूर्वानुमान कर लेना, आगेसे विचार करना, पूर्वज्ञान रखना, दूरदर्शी होना, भविष्यदर्शी होना, समझ जाना, पहलेसे जान या भाँप लेना ।

foreseeing a. पूर्वचिन्तक, पूर्वविचारक, भविष्यदर्शी, दूरदर्शी, अग्रद्रष्टा ।

foreshadow v.t. पूर्वसंकेत होना, पूर्वलक्षण बताना, भविष्यवाणी करना, पूर्वसूचना देना, पूर्वाभास देना, पहलेसे चित्रित कर देना, पहलेसे झलक दिखाना ।

foreshore n. तटाग्र, जलके बीचका तट, जलमापक चिह्नोंवाला किनारा ।

foreshorten v.t. (चित्र खींचनेमें) आगेका भाग छोटा बनाना, आगेसे काटना ।

foreshortening n. (चित्र खींचनेमें) आगेका भाग छोटा बनानेकी क्रिया ।

foreshow v.t. पहलेसे किसी वस्तुका चित्रण कर देना या रूपरेखा खींच देना; = FORESHADOW; भविष्य बतलाना, भविष्यवाणी करना, पहलेसे जता देना ।

foreside n. अग्रपक्ष, अग्रभाग ।

foresight n. भविष्यचिन्ता, भविष्यके लिए विचार; दूरदर्शन, अग्रनिरूपण, अग्रदृष्टि, भविष्यदृष्टि, दूरदर्शिता; तोप या बन्दूककी अगली मक्खी ।

foresighted a. दूरदर्शी, अग्रदृष्टि, अग्रद्रष्टा ।

foreskin n. शिश्नच्छद, अग्रत्वक्, मेढ्रत्वक्; मेढ्रचर्म, सुन्नतका चाम ।

forest १. n. कान्तार, गहन, अटवी, विपिन, कानन, अरण्य, वन, जंगल, (शा० एवं ला० *a ~ of masts*); (कानून) राजाके शिकारके लिए सुरक्षित वनप्रदेश (*Sherwood F~*); २. v.t. वनरूपमें परिणत कर देना, वृक्ष लगाना, वन बना देना, जंगल लगाना;

~ administration, ~ advance, ~ area, ~ authorities, ~ benevolent fund, ~ block, ~ botanist, ~ botany, ~ boundary, ~ building, ~ business, ~ camp, ~ capital, ~ circle, ~ cleaning, ~ college, ~ communications, ~ composition, ~ concessions, ~ conservation, ~ conservator, ~ contract agreement, ~ contractor, ~ coupe, ~ court, ~ cover, ~ crop, ~ denudation, ~ department, ~ depot, ~ devastation, ~ dispensary, ~ district, ~ division, ~ drain, ~ dusting, ~ eagle-owl, ~ economy, ~ edge, ~ engineering, ~ entomologist, ~ extension, ~ finance, ~ fire, ~ fire-line, ~ floor, ~ flora, ~ fly, ~ form, ~ green, ~ growth, ~ guard, ~ implement, ~ industry, ~ insect, ~ land, ~ law, ~ leaves, ~ licence, ~ limit, ~ management, ~ map, ~-marble, ~ matters, ~ mensuration, ~ nursery, ~ oak, ~ offence, ~ office, ~ organization, ~ peat, ~ pepper, ~ percent, ~ police, ~ policy, ~ practice, ~ privileges, ~ produce, ~ product, ~ protection, ~ range, ~ ranger, ~ rates, ~ red gum, ~ regulations, ~ replacement, ~ research, ~ reserve, ~ rest-house, ~ revenue, ~ right, ~ road, ~ rules, ~ saw, ~ science, ~ service, ~ settlement, ~ soil, ~ spotted owlet, ~ staff, ~ stamp-vendor, ~ subordinates, ~ survey, ~ thinning, ~ tool, ~ tract, ~ traffic, ~ tree, ~ tribe, ~ type, ~ undergrowth, ~ utilization, ~ valuation, ~ village, ~ villager, ~ wagtail, ~ weeds, ~ working plan, ~ works, ~ year.

forestage n. वन-शुल्क; वनवासाधिकार ।

forestal a. वन्य, वनीन, जंगल-सम्बन्धी, जंगली ।

forestall v.t. धारणा बनाना, पूर्वानुमान करना, निर्धारित समयके पूर्व कोई काम करना; भावी घटनाओंका पूर्वानुमान करके प्रतियोगीको परास्त कर देना, उसकी चालको तोड़ देना; पहले ही घेर लेना; (प्रा०) (बढ़े हुए मूल्यसे लाभ उठानेके लिए) माल इकट्ठा कर रखना, पहलेसे ले लेना ।

forestaller n. पूर्वानुमान करनेवाला; भविष्यद्रष्टा ।

forestation n. वन-रोपण, वन लगानेकी क्रिया ।

forestay n. अगले मस्तूलको सँभालनेके लिए रस्सा ।

forester n. आरण्यक, वनचर, वनवासी; अरण्यरक्षक, वानिक, वनपाल, वनकर्मी, वनपालक, लकड़ीके विभागका अफसर; फॉरेस्टर; एक प्रकारके कीड़े-मकोड़े, फतिंगे;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

जंगलके पशु-पक्षी, जंगली जीव; (F~) Ancient Order of Foresters का सदस्य (मित्र-समाज)।

forestry n. अरण्यशास्त्र, वानिकी, वनविद्या; वन-प्रान्त, जंगली प्रदेश।

foretaste[1] n. पूर्वोपभोग, (दुःख अथवा सुखका) पूर्वानुभव, पूर्वास्वाद, अग्रज्ञान।

foretaste[2] v.t. पूर्वोपभोग करना, (सुख अथवा दुःखका) पूर्वानुभव करना, पूर्वास्वादन करना, (उपभोग तथा आनन्द आदिका) पूर्वानुभव होना।

foretell v.t. पूर्वलक्षण बताना, पूर्वसूचना देना, अग्रसूचना देना, भविष्यवाणी करना, भविष्य बतलाना, आगम कहना, पहलेसे कह देना।

foreteller n. भविष्यवक्ता, दैवज्ञ, भविष्यवाणी करनेवाला।

forethought n. दीर्घदृष्टि, दूरदृष्टि, अग्रचिन्ता, पूर्वचिन्ता, पूर्वसावधानी; दृढ़ इच्छा, पूर्वविवेक, अग्रचेष्टा, पूर्वविचारण, पूर्वविचार, पूर्वोपाय, पूर्वप्रयत्न; प्रसमीक्षण, दूरदृष्टि।

foretime n. प्राचीनकाल, पुराने दिन।

foretoken[1] n. भावीसंकेत, आगमद्योतक, पूर्वाभास, अग्रसूचना, आगामी लिंग, पूर्वचिह्न, भावी लक्षण, पूर्वलक्षण।

foretoken[2] v.t. पूर्वलक्षणकी सूचना देना, पहलेसे ही संकेत करना, जताना; पूर्वसूचना देना, आगम घोषित करना, आगामी चिह्न बताना।

foretop n. अग्रकूप या अगले मस्तूलकी चोटी या सिरा; माथा, माथेके बाल; ~-gallant mast अगले मस्तूलके ऊपरका मस्तूल; ~-gallant sail अगले पालके ऊपरका पाल।

forever १. adv. सदाके लिए⊙; युगयुग तक; २. n. अनन्तता।

forewarn v.t. पहलेसे सूचित कर देना, पहलेसे सावधान कर देना, पूर्वसूचित करना, पहलेसे सूचना देना, प्रबुद्ध करना, चिताना; खबरदार करना, आगाह कर देना, पहलेसे ही जता देना।

forewarning n. पूर्वसूचना, पूर्वप्रबोधन।

forewoman n. अधिकर्मिका, चौधरानी, जमादारिन; प्रधान सभ्या, स्त्री-न्यायसमाकी सभानेत्री, जूरीप्रमुखा।

foreword n. प्राक्कथन, उपोद्घात, प्रस्तावना, भूमिका, मुखवक्तव्य, दो शब्द।

forfeit १. n. (अनुबन्धभंग अथवा उपेक्षाके कारण) अर्थदण्ड, जुर्माना; (त्रुटि या अपराधके कारण) जब्तकी हुई या छीनी गयी वस्तु (*his life was the ~ or was ~*); हरण, अपहार, च्युति, हानि, जब्ती; (समिति आदि या खेलोंके नियमभंगके कारण नाममात्र) अर्थदण्ड (*play ~s*) २. v.t. अर्थदण्ड देना, जुर्माना देना; अपवर्तन करना, राज्यसात् करना, अपहृत करना, जब्त करना; अपहृत होना, वंचित होना, अधिकार छिन जाना, (अपराध, असावधानी आदि या अन्य किसी कारण) दण्डस्वरूप अधिकार खो बैठना, जब्त होना; ३. a. (अपराध या त्रुटिके कारण) अपहृत, छीनी गयी या जब्त की गयी।

forfeitable a. वंचनीय, अपवर्तनीय, अपहरणीय, जब्त करने लायक।

forfeited a. हृत, हीन, भ्रष्ट, दण्डित, जब्त, अर्थदण्ड पाया हुआ।

forfeiter n. अपवर्तक, अर्थदण्ड देनेवाला, तावान लगानेवाला।

forfeiture n. अपहरण, अपवर्तन, अपहार, वंचना, दण्डदान, जब्ती।

forfend v.t. अलग रखना, दूर रखना, दूर करना, हटाना, रोकना, बचा देना, फेर लेना, टालना।

forfex n. संसी, सँड़सी, बड़ी कैंची; (कीड़ोंके) आगेके काँटे।

forficate a. (प्राणिवि०) कर्तरीवत, कैंची जैसा।

forficulate a. = FORFICATE.

forgather v. i. समागम करना, संग करना, मिल बैठना, एकत्र होना, एक स्थानपर जुटना, एक जगह मिलना।

forgave p.t. of FORGIVE.

forge[1] n. लोहारकी भट्ठी, लोहारकी दुकान, लोहारखाना।

forge[2] v.t. & i. आगमें तप्त करके तथा पीटकर कोई रूप देना; (दस्तावेज, हस्ताक्षर) कूटरचना करना, कपटनिर्माण करना, नकली बनाना या गढ़ लेना, नकली लिख लेना, जाली बनाना; (कथा,झूठ) अपने मनसे बना लेना, जाल करना, गढ़ना।

forge[3] v. i. बड़ी कठिनतासे या धीरे-धीरे मार्ग बना पाना, आगे बढ़ पाना; ~ *ahead* आगे निकल पाना, दौड़में आगे रहना, आगे बढ़ना।

forgeable a. कुट्टनीय, कूटकरणीय, नकली बनाने लायक।

forged a. कूटकृत, कूट, जाली (~ *document*); कुट्टित।

forgeman n. लुहार, भट्ठीपर काम करनेवाला लुहारका सहायक।

forger n. कूटकारी, कूटकर्मी, जालसाज, जालिया।

forgery a. जाली वस्तु (दस्तावेज या हस्ताक्षर); कूट, कूटकर्म, कूटकरण, कूटरचना, कपट-निर्माण; कूटलेखा, कपटलेखा, जालसाजी।

forget v.t. & i. विस्मरण करना, भूलना, भुला देना, भूल जाना, बिसराना, बिसर जाना; किसी विषयमें सोचना बन्द कर देना, ध्यानसे निकाल देना, उचित ध्यान न देना; तिरस्कार करना, अवहेलना करना, उपेक्षा करना; ~-me-not –एक फूलका पौधा; ~ one*self* अशिष्ट व्यवहार करना, अपने हितोंकी उपेक्षा करना, अचेत हो जाना।

forgetful a. असावधान, विस्मरणशील, भूल जानेवाला, भुलक्कड़।

forgetfulness n. असावधानी, विस्मरणशीलता, अनवधानता, विस्मृति, भूल।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

५५५ Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

forgetive a. रचनाशील, आविष्कारी।

forgettable a. विस्मरणीय, भूल जाने योग्य, बिसर जाने लायक।

forgetter n. विसरण करनेवाला, भूलनेवाला, भुलक्कड़।

forging n. घड़न, आकारमें परिणत करनेकी क्रिया, कृति; कूटरचना, कूटनिर्माण।

forgivable a. क्षम्य, क्षमा करने योग्य।

forgive v.t. (अपराध या अपराधीको) क्षमा करना; (ऋण) मुक्त कर देना, छोड़ना, माफ कर देना।

forgiveness n. मुक्ति, तितिक्षा, क्षान्ति, क्षमा, छुटकारा, छूट, माफी।

forgiver n. क्षमा करनेवाला।

forgiving a. मुक्ति देनेवाला, क्षमाशील, क्षमावान्, सहिष्णु, माफी या छूट देनेवाला।

forgivingness n. क्षमाशक्ति, क्षमाशीलता, सहिष्णुता।

forgo v.t. तटस्थ रहना, बिना किसी वस्तुके काम चला लेना, त्यागना, न लेना, छोड़ना, जाने देना, छोड़ देना, दूर रहना, बचना।

forint n. हंगरीका सिक्का = ६० नये पैसे।

forisfamiliate v.t. & i. (कानून) पैतृक सम्पत्तिपर अधिकार न रहना, रिक्थमुक्त करना।

fork* १. n. कण्टक, शाखी, विशाख, दो-तीन या चार फाँकोंवाला औजार, काँटा; कृषिसम्बन्धी ५क औजार, दुशाखा, टिंगली; द्विशाखत्व, उलझन; विद्युल्लताकी चमक, कई शाखाओंमें बँटी हुई बिजलीकी चमक; द्विशाखी लकड़ी (जो अंगूरकी बेल आदिको सहारा देनेमें प्रयुक्त की जाती है); २. v.t. & i. शाखायुक्त होना, शाखायुक्त करना, शाखें होना, टाँगदार होना, फूटना; टिंगलीसे खोदना, उठाना, ले जाना या फेंकना; ~ *out, or over, or up* (आ०) समर्पित करना, दे देना, अदा करना।

forked a. विशाखित, द्विशाखी, द्वचग्र, शाखाओंवाला, चिरा हुआ, फटा हुआ (~ *tongue*); द्विपद, दो टाँगोंवाला।

forkedness n. द्विशाखत्व, द्विशाखिता, द्वचग्रता, फटाव।

forkiness n. द्विशाखिता, नुकीलापन।

forky a. (का०) द्विशाखी, शाखदार, टाँगदार, नोकदार।

forlend v.t. पूर्णतया परित्याग करना, छोड़-छाड़ देना।

forlorn a. (का०) निरवलम्ब, अशरण, दीन, दयनीय; परित्यक्त, विसर्जित, उजड़ा, सूना, खाली; निराधार, असहाय, अनाश्रित, अनाथ, निराश; लाचार।

forlorn hope n. साहसिक कार्य या उत्कट उद्योग; बचाव करनेके लिए उद्यत सेना या दल।

forlornness n. अनाश्रितत्व, निरवलम्बता, हतभाग्यता; सूनापन, उजाड़।

form[1]* n. रूप*(*in the ~ of*), शरीररचना, आकृति, आकार, ढाँचा, बनावट, डीलडौल (*face and ~*); प्रथागत विधि, रीति, ढंग, शैली (*in due ~*); रूपपत्र, प्रपत्र, फार्म; आदर्शपत्र, नमूना, शब्दोंका निश्चित क्रम, नियम, वैध लेख्य या दस्तावेज, नियमानुकूल लिखित लेख्य; व्यक्ति या पशु (जैसा वह देखने या छूनेपर प्रतीत होता है, *saw a ~*); साहित्यिक अथवा संगीत रचनाका विन्यास, विधा; (दर्शन) (कैण्ट) किसी वस्तुके तत्त्वोंको एकत्र रखनेवाला निर्माणात्मक हेतु; (सार्वजनिक स्कूलोंकी) कक्षा, दर्जा (प्रायः छठीसे पहलीतक); वर्ग, प्रकार, जाति; खरगोशकी माँद, बिल या खोह; (व्या०) शब्दका रूप, शब्दोंकी बाह्य विशेषतायें; = FORME; सभ्याचार, शिष्टाचार; लम्बी बेंच या तिपाई (जिसमें पीठको सहारा देनेवाला न बना हो); स्वास्थ्य गठन, स्वस्थावस्था, स्वस्थ दशा (*was in great ~*); नियमानुकूल व्यवहार, नियमनिष्ठ आचरण, व्यवहारानुरूप आचार, प्रथागत आचरण; *good, bad, ~* व्यावहारिक आचारके अनुकूल या प्रतिकूल; *in, out of, ~* (घोड़ों या खिलाड़ियोंके दौड़ने आदिके) उपयुक्त अथवा अनुपयुक्त।

form[2] v.t. & i. (*~ after, from, upon*) कोई रूप या आकार ग्रहण करना, बनना; (*~ into*) किसी रूप या आकारमें परिवर्तित कर देना, कोई रूप देना, किसी रूपमें ढाल देना, करना, बनाना या गढ़ना; (सेना०) क्रमबद्ध करना, विशेषक्रममें खड़ा करना, पंक्तिबद्ध करना (*~ column*); कोई संगठन बनाना, संगठित करना या होना; किसी विशेष कार्यमें प्रवीण करना, उस कार्यके योग्य बना देना, (किसी व्यक्ति या सामर्थ्य आदिकी) विशेष शिक्षा देना, सधाना, रणशिक्षा या कवायदसे ढाल देना या मोड़ देना; (व्या०) विभक्ति आदिकी सहायतासे (नवीन शब्दकी) रचना करना; किसी वस्तुका अंग होना, अंग बनना, उसको सम्पूर्ण करनेमें सहायक होना; (मैत्री या सन्धि) करना; (शब्द) स्पष्ट बोलना, उच्चारण करना; (आदत या स्वभाव) विकसित करना, बढ़ाना, सीखना, बनाना; ढाँचा बनाना, नक्शा तैयार करना; (विचार) ध्यानमें लाना, विचारना, सोचना (*~ mind*)।

formal a. औपचारिक, कर्तव्यकी दृष्टिसे किया हुआ; यथारीति, यथानियम, नियमानुसार, आचारानुसार, लौकिक, सभ्याचारके अनुकूल; शिष्टाचारके अनुकूल (*a ~ call*); सभ्याचारोंका माननेवाला, नियमनिष्ठ, (तर्क०) स्पष्ट एवं निर्णीत, युक्तिसंगत या तर्कसिद्ध, न्यायसंगत; संगत, क्रमसंगत, सुव्यवस्थित, निर्दिष्ट, निश्चित, यथार्थ रूपात्मक; बाह्य विन्याससे सम्बन्धित, बाह्य आकारका, बाह्यरूपका; ऊपरी, दिखाऊ, (अध्या०) तत्त्वसम्बन्धी, किसी वस्तुके तत्त्व या सारसे सम्बन्धित; ~ acknowledgment, ~ adjudication, ~ call, ~ cause, ~ colour, ~ compilation, ~ contract, ~ crop experiment, ~ education, ~ enquiry, ~ fallacy, ~ grammar, ~ lay out, ~ logic, ~ memorandum, ~ motion, ~ notice, ~ notification, ~ objection, ~ order, ~ parties, ~ payment, ~ receipt, ~ suggestion, ~ training,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ voucher, ~ warning.

formalin n. वम्रस्रि; वम्रगंसका विलयन या घुलाव।

formalism n. लौकिकता; सभ्याचारवादिता, शिष्टाचारवादिता, व्यवहारवादिता।

formalist n. उपचारसेवी, सभ्याचारवादी, शिष्टाचारवादी, व्यवहारवादी, सभ्याचारका समर्थक।

formalistic a. उपचारवादी, शिष्टाचारितासे सम्बन्धित, व्यवहारवादितासे सम्बन्धित, लौकिकताका।

formality n. शिष्टाचारका अनुयायी होना, विचारके प्रति दृढ़ता, व्यवहारोंकी यथार्थता; यथाविधि आचार, विहिताचार, कष्टाचार, व्यावहारिकता, नियमनिष्ठता, लौकिकता, सभ्याचार, शिष्टाचार; औपचारिकता, विस्तृत विधि या कार्यप्रणाली।

formalization n. निर्दिष्टीकरण, विधिसंगतीकरण, नियमनिष्ठ या शिष्टाचारमय बना देना।

formalize v.t. व्यावहारिक या लौकिक बना देना, नियमनिष्ठ कर देना, शिष्टाचारमय बना देना; विधिसंगत करना, निर्दिष्ट आकार देना, कानूनका रूप देना।

format n. पुस्तककी बाह्याकृति।

formate[1] १. a.(रसा०) वम्रीय; २. n. वम्रिक लवण; दे० = FORMIC.

formate[2] v. i. (विमानोंका) ⊙ अधिक संख्यामें उड़ना।

formation n. रचित या निर्मित वस्तु; विरचन, रचना, निर्माण, विन्यास, बनावट; (भूगर्भ०) कुछ सादृश्य रखनेवाली परतोंका जमघट या इकट्ठा होना, चट्टानोंका जमाव; आक्रमणमें व्यस्त वायुयान; (सेना०) टुकड़ियोंका विधान, क्रम या व्यवस्था;
~ expenses, ~ headquarters, ~ level, ~ line, ~ surface, ~ width.

formational a. निर्माण-सम्बन्धी, विरचनात्मक।

formative १. n. रचना करनेवाला तत्त्व, निर्माण करनेका साधन; २. a. रचनात्मक, रचनाकारी, निर्माणी, निर्माणात्मक, निर्माणशील; (व्या०, विभक्ति-सम्बन्धी और व्युत्पत्ति-सम्बन्धी) प्रत्ययों और उपसर्गोंका (प्रयोग)।

forme n. (मुद्रण) एक बारमें छपनेवाला टाइपका मैटर, फर्मा।

formed a. निर्मित, रचित, गठित।

former a. & pron. विगत, व्यतीत, प्राचीन, पूर्व, पहला, भूतकालीन, गतकालीन, प्राक्कालीन, पूर्वकालीन, प्राचीनकालीन, विगत समयका, प्राचीनकालका (*in ~ times*); पूर्वोक्त, पूर्वकथित; ~ president ⊙ भूतपूर्व सभापति या राष्ट्रपति; the ~ प्रथमोक्त, पूर्वोल्लिखित, पहला, दोमें पहला।

formerly adv. पहले; विगत कालमें, प्राचीन समयमें।

formic a. (रसा०) वम्रिक, चींटियोंका; ~ acid वम्रिक अम्ल, चींटियों द्वारा वमन किये गये द्रवमें एक प्रकारका रंगविहीन अम्ल या एसिड।

formicant a. (चिकित्सा) कृश, क्षीण, दुर्बल (विशे० नाड़ी)।

formicarium n. वम्र-शाला (वैज्ञानिक अध्ययनके लिए), पिपीलिका-शोध-शाला।

formicary n. वल्मीकि, चींटियोंका बूह या टीला।

formicate a. पिपीलिकावत्, वम्रसदृश, चींटीके आकारका।

formication n. सिहरनकी संवेदना (जैसा कि चींटियोंके चलनेसे होती है), झिनझिनी, चुनचुनी।

formidability n. = FORMIDABLENESS.

formidable a. दुर्धर्ष, दुर्जेय, उग्र, भीषण, प्रबल; घोर, दारुण, भयंकर, भयप्रद, भयजनक, भयानक, भयावह, डरावना।

formidableness n. उग्रता, भीषणता, प्रबलता, भयंकरता, भयानकता।

formless a. निरूप, विरूप, निराकार, अनाकार, आकृतिशून्य, आकारहीन, निराकृति, अरूप, रूपहीन, अनिर्दिष्ट या अनिश्चित आकारका।

formlessness n. विरूपता, निराकारत्व, आकृतिशून्यता, आकारहीनता, अरूपत्व, रूपहीनता।

formula n. सूत्र, संकेत, व्यवस्था, रीति, विधि, नियम, गुर, नुस्खा, फार्मूला; (गणित, रसा०) चिह्नों एवं चित्रोंकी सहायतासे कुछ तथ्योंका सारणीकरण; दो विरोधी विचारोंके अन्तरका निवारक सिद्धान्त (*diplomatists seeking a ~*); औषध बनानेकी विधि या नुस्खा; प्राचीन प्रथा, रूढ़ि, अन्धविश्वासपर आश्रित सिद्धान्त, बिना सोचे-समझे पालन किया गया नियम, रिवाज।

formulable a. संविन्यसनीय, सूत्रबद्ध करने योग्य।

formularization, formulization nn. सूत्रीकरण, नियमन, व्यवस्थापन।

formularize, formulize v.t. सूत्रीकरण करना, सूत्रका रूप देना, नियमबद्ध करना।

fomulary १. n. सूत्रसमुदाय, सूत्रसमूह, नियमसंहिता; कर्मसंहिता; योगसंहिता, धर्मसंहिता; २. a. सूत्रसम्बन्धी, सूत्ररूपमें।

formulate v.t. सूत्रबद्ध करना, सूत्रित करना, संविन्यस्त करना, नियमबद्ध करना; व्यवस्थित बनाना, व्यवस्थित रूपमें रखना, संनिबद्ध करना, क्रममें रखना।

formulation n. सूत्रीकरण, संविन्यास, नियमन, व्यवस्थापन।

formulism n. रूढ़िवाद, प्राचीन प्रथाका बिना सोचे समझे अनुसरण।

formulist n. रूढ़िवादी, प्राचीन प्रथाका अनुयायी।

formulistic a. रूढ़िविषयक, रूढ़िगत, प्रथागत।

fornicate[1] v. i. अविवाहिता या कुमारीके साथ सम्भोग करना, अनूढ़ागमन करना, अवैध सम्भोग करना, वेश्यासम्भोग करना, व्यभिचार करना, रण्डीबाजी करना, छिनारा करना, लौण्डेबाजी करना।

fornicate[2], **fornicated** aa. (वन०) मेहराबदार।

fornication n. कुमारीसम्भोग, अनूढ़ागमन; वेश्यासम्भोग, वेश्यागमन, व्यभिचार, जारकर्म, रण्डीबाजी, छिनारा, छिनाला; अर्भकमैथुन, लौण्डेबाजी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:MoS

fornicator n. अनूढ़ागामी, व्यभिचारी।
fornicatress n. व्यभिचारिणी, स्वैरिणी।
fornix n. (श०र०शा०) चापिका, मस्तिष्ककी अर्धगोल बनावट।
forrader adv. (ग्रा०) = FORWARD (*get no ~*)।
forrel n. = FOREL.
forsake[1] v.t. त्याग करना, उत्त्याग करना, मैत्री भंग करना, सहायता हटाना या वापस ले लेना, सम्बन्ध-विच्छेद करना, त्यागना, तजना, छोड़ देना।
forsaking n. परित्याग।
forsay, foresay vv.t. वर्जित करना, मना करना, रोकना।
forsooth adv. निःसन्देह, सचमुच, वास्तवमें, निश्चय।
forspend v.t. परिश्रान्त करना, जीर्ण करना, उकताना, थकाना, उबा देना।
forspent a. परिश्रान्त, थकामाँदा, थका हुआ।
forswear v.t. मिथ्याशपथ ग्रहण करना, शपथपूर्वक त्याग करना, सौगन्ध तोड़ना, शपथ लेकर छोड़ना; *~ oneself* कपट सौगन्ध खाना, मिथ्याशपथ ग्रहण करना, झूठी गंगाजली उठाना, झूठी कसम खाना।
forsynthia n. पीले फूलोंवाली एक झाड़ी।
fort n. दुर्ग, गढ़, कोट, गढ़ी, किला, मोरचा; उत्तरी अमरीकामें वाणिज्य-केन्द्र, व्यापारिक मण्डी।
fortalice n. (प्रा०, का०) छोटा गढ़, छोटा किला, छोटा मोरचा; गढ़ी, किला।
forte १. n. किसी व्यक्तिकी विशेष शक्ति, विशेषता, विशेष गुण; मुठियासे लेकर मध्यतक तलवारकी धार; २. adv. दृढ़तापूर्वक, बल देकर, ज़ोरसे।
forth १. adv. बाहर, घरसे बाहर, दरवाजेसे बाहर (*sail ~*); प्रत्यक्ष रूपमें, सामने (*come ~*); (समय) भविष्यमें, आगेको, अबसे; आगेकी ओर; २. prep. (प्रा०) बाहरकी ओरसे; *and so ~* आदि, वगैरह; और इसी प्रकारसे, इसी तरह; *back and ~* चारों ओर, इधर-उधर, आगे-पीछे; *so far ~* उस सीमातक।
forthcoming a. आसन्न, भविष्यमें होनेवाला, निकट; आगामी; भावी, आगे आनेवाला।
forthgoing n. अग्रगमन, आगे निकलनेकी क्रिया।
forth-issuing a. अग्रसर, आगे आनेवाला।
forth-right adv., n. & a. १. n. सीधा मार्ग (*~s and meanders*); २. a. सीधा जानेवाला; प्रवीण, चतुर; निश्चायक, निर्णायक; अडिग, अटल; स्पष्टवक्ता, निर्भीक, स्पष्ट, खरा, मुँहफट; ३. adv. (प्रा०) तुरन्त, फौरन।
gall[2] n. घर्षणजनित घाव, व्रण, खुजलीका घाव; छाला, सूजन, फफोला; मानसिक विक्षोभ या उसका कारण; निस्तृण तथा निस्तरु भूमि, वन या खेतकी नंगी भूमि; छिद्र, विवर, दरार;

~ ant, ~ insect, ~ oak, ~ ointment.

gall[3] n. द्रुस्फोट, कीटों द्वारा पेड़ोंपर उत्पादित व्रण, माजू; *~*-fly माजूमक्खी, वह कीड़ा जो वृक्षोंपर घाव करके माजू बना देता है; *~*-nut द्रुस्फोट, माजूफल; oak-*~* बँजका गोंद (जो स्याही बनाने, रँगने और औषधके काम आता है)।

gall[4] v.t. & i. रगड़कर चोट पहुँचाना, रगड़ डालना, घाव रगड़ना, खुरचना; व्यग्र करना, सताना, तंग करना, परेशान करना, हैरान करना, दिक करना।

gallant १. n. वीर, बहादुर; प्रेमनिपुण, प्रेमी, आशिक; उत्तम सभ्य पुरुष, फैशनबाज; २. v.t. & i. किसी स्त्रीसे प्रेम या प्यारकी बातें करना; बाँकपन या शानसे उच्च-वर्गीय भद्र महिलाके संग जाना; ३. a. प्रेमी, सौन्दर्य-प्रेमी, प्रेमप्रवण, कामी, रसिया; दक्षिण, स्त्रियोंका ध्यान या विचार करनेवाला; दाक्षिण्यपूर्ण, उदार, वीर, सूरमा, शूर, बाँका; (पार्लामेण्टके) स्थलसेना और जलसेनाके सदस्य (*the honourable and ~ member*); उत्तम, महान्, बढ़िया, शानदार (जहाज, घोड़ा आदि); (प्रा०) सुवेश, प्रदर्शनप्रिय, दिखावटी, बनावटी।

gallantness n. प्रेमित्व, सौन्दर्यप्रेम, प्रेमप्रवणता, दिलफेंकपन; दक्षिणता, दाक्षिण्यपूर्णता, उदारता; वीरता, शौर्य, शूरता, बहादुरी।

gallantry n. प्रेमकला, प्रेमालाप; दाक्षिण्य, शिष्टता; शालीन कार्य या भाषण; अदम्य साहस, शौर्य, वीरता; वीर पुरुषका आचरण; दुश्चरित्रता, बदचलनी।

galleass n. रणपोत, गेलियास, एक छोटा जलयान।

galleon n. विशाल स्पेनी जहाज (अमेरिकी व्यापारमें प्रयुक्त या व्यवहृत); युद्धपोत (प्रायः स्पेनका); (प्रा०) गैली जहाजोंसे छोटे और ऊँचे यान, गैलीऑन।

galleried a. वीथीयित, वीथीमय, वीथिकायुक्त, दीर्घा-युक्त, बरामदेदार, दालानदार, पोर्टिकोवाला।

gallery n. वीथी, वीथिका, दीर्घा, बरामदा, दालान, पोर्टिको, गैलरी; दीवारकी मोटाई या घोड़िया या ताखमें लम्बा संकीर्ण मार्ग; लम्बा तंग कमरा; चित्रकक्ष, चित्र-शाला, चित्र-प्रदर्शनीका कक्ष या कमरा; लैम्पका चिमनी-होल्डर; (सेना, खनन) भूमिष्ठ क्षैतिज मार्ग, सुरंग; छज्जा,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

वालाखाना; गिर्जेकी भीतरी दीवारमें विशाल कक्ष आदिका उभरवाँ मंच (जो श्रोताओंके अतिरिक्त गायकों, प्रतिवेदकों, संवाददाताओं या अजनबियों आदिको स्थान देनेके लिए होता है); (थियेटर) गैलरी, बालाखाना, गैलरीमें आसीन जन, निम्नवर्गके सामाजिक या श्रोता; २. v.t. दीर्घायुक्त करना, गैलरी बनाना, गैलरियाँ बनाना; ~ hit, ~ shot, ~ stroke (क्रिकेट और ला०) वह प्रहार या चोट या हिट जो प्रदर्शनके लिए हो; mother ~ मुख्यदीर्घा; visitors' ~ दर्शकदीर्घा; *play to the* ~ निम्नवर्गीय जनोंको तुष्ट करनेके लिए उद्योग या यत्न करना, आडम्बर या टीपटाप दिखाना।

galley n. खुली हुई विशाल नौका (जिसपर युद्धपोतका कप्तान रहता है); प्राचीन ग्रीस या रोमके युद्धपोत; (प्रा०) नीचा चौड़ा एक डेकवाला जहाज (जिसमें पाल और डाँड़का प्रयोग होता है, प्रायः अपराधी बन्दियों या गुलामों द्वारा संचालित); जहाजकी पाकशाला, रसोईघर, बावर्चीखाना; (मुद्रण) छापेके अक्षर जमाकर बैठानेका पटल या तख्ता, पट्टी, टाइप बैठानेकी दीर्घा, गेली, गेलीपात्र जिसमें स्टिकसे टाइप उठाकर रखे जाते हैं; ~-proof दीर्घा-ईक्ष्य, स्लिपके रूपमें उठाये हुए प्रूफ; ~-slave गैली जहाजके संचालनका दण्ड-प्राप्त व्यक्ति या दास; ~ west ⊙ नरकका सीमा-क्षेत्र (जहाँ गैर-ईसाई लोग बन्द रहते हैं); कारागार, जेलखाना; *to work as a ~-slave* कोल्हूका बैल।

galliard n. (प्रा०) (१६वीं तथा १७वीं शताब्दीका) दो व्यक्तियोंका नृत्यविशेष।

galliass n. = GALLEASS.

gallic a. पित्तीय, पित्त-विषयक, पित्त-सम्बन्धी, द्रविक; द्रुस्फोट-सम्बन्धी।

Gallicism n. फ्रांसीसी रीति, फ्रांसीसी मुहावरा।

Gallicize v.t. फ्रांसीसीकरण, फ्रांसीसी बनाना; फ्रांसीसी मुहावरेमें बदलना।

galligaskins n. (हास्यार्थ) ढीला पाजामा, पतलून, बिरजिस, कपड़े या चमड़ेकी टाँग।

gallimaufry n. (शा० एवं ला०) खिचड़ी।

gallinacean n. & a. तित्तिर, Gallinae वर्गका (पक्षी), बिष्कर (पक्षी), तीतर-बटेर।

gallinaceous a. तित्तिरीय, तीतर-बटेरका।

galling a. मर्मभेदी, क्षोभकारक, पीड़ाकर, असन्तोषकर, वैकल्यपूर्ण, कष्टकारक, व्यग्रकारी, तंग करनेवाला।

gallinipper n. मशा, बड़ा मच्छर।

gallinule n. जलकुक्कुट, कूटकण्ठक।

Gallio n. स्वक्षेत्रवादी, वह व्यक्ति या अधिकारी जो अपने प्रदेशसे बाहर हस्तक्षेप करनेसे इनकार करे।

galliot n. छोटा गैली जहाज (प्रायः भूमध्य-सागरीय); डच मालका जहाज या मछली मारनेका जहाज, गेलियोट।

Gallipoli oil n. उत्कृष्ट जैतूनका तेल।

gallipot n. कुम्भिका, बरनी, मिट्टीका छोटा रोगनी पात्र या मर्तबान (मरहम आदिके लिए)।

gallium n. द्रवातु, मृदु नील-श्वेत धातु, गैलियम।

gallivant v.i. आवारागर्दी करना।

gallivat n. गैलिवैट (दो मस्तूलका) जहाज।

gallization n. जलमिश्रण, (मदिरामें उसकी तीव्रता बढ़ानेके लिए) चीनी और पानीकी मिलावट।

gall-less a. द्वेषशून्य, ईर्ष्यारहित।

Gallomania n. फ्रांस-अनुरक्ति या प्रसक्ति, फ्रांसभक्ति, फ्रांसपरायणता, फ्रांसीसी संस्कृतिकी धुन।

gallon n. आढक, द्रवपरिमाण विशेष, तरल पदार्थ या अनाज आदिका पैमाना (लगभग चार सेर), गैलन; imperial ~ 227¼ घन इंच, इम्पीरियल गैलन।

galloon[1] n. सोने-चाँदी रेशम या सूतकी पतली और घनी बिनी हुई पट्टी, कम चौड़ा गोटा या फीता, कलाबत्तू, लेस।

gallop १. n. व्यावलगन, घोड़े या अन्य चतुष्पदकी सवेग चाल, वेगसे दौड़ना, सरपट चौकड़ी, पवैया, पोइया; सरपट सवारी; २. v.t. & i. सवेग चलना या बढ़ना (*in a ~ing consumption*); सरपट दौड़ना या दौड़ाना (घोड़े या घुड़सवारका); पवैया चालसे जाना या ले जाना; तेज पाठ करना, पढ़ना या बात करना (प्रायः ~ *through, over*); *at a* ~ सरपट जाते हुए, सरपट चालसे; *full* ~ पूरे वेगसे, पूरी चालसे।

gallopade n. नृत्यविशेष, एक स्फूर्तिविशिष्ट नृत्य जो हंगरीसे प्रारम्भ हुआ।

galloper n. क्रियागत अर्थोंमें; सरपट जानेवाला, पोइया दौड़नेवाला।

Gallophil n. & a. प्रत्येक फ्रांसीसी वस्तुको पसन्द करनेवाला (व्यक्ति)।

Gallophobe n. & a. प्रत्येक फ्रांसीसी वस्तुका विरोधी।

Gallophobia n. फ्रांसीसी वस्तुमात्रसे विरक्ति या घृणा।

gallow v.t. भय उत्पन्न करना, डराना, भयभीत करना।

galloway n. छोटा घोड़ा, टांघन, टट्टू; गैलोवेका छोटा पर मजबूत टट्टू; गैलोवेकी नसलका घोड़ा या जानवर।

gallowglass n. = GALL-glass.

gallows n. वधफलक, मृत्युदोला, फाँसीका चौखटा, फाँसीका फट्टा, सूली, टिकटी; फाँसीकी सजा; व्यायामका तख्ता; (पाकशालामें) मांस लटकानेकी लकड़ी; ~ bird फाँसीके योग्य व्यक्ति; ~ tree फाँसीका चौखटा।

Gallup poll ⊙ n. जन-निर्वाचनकी परीक्षा या जाँच।

gally[1] v.t. आतंकित करना, भय उत्पन्न करना, डराना।

gally[2] a. पित्ततिक्त, पित्त जैसा तीखा।

galoot n. बेडौल, बेढंगा आदमी; (ग्रा०) सिपाही।

galop १. n. एक अँग्रेजी नृत्य, गैलप; २. v.i. गैलप नृत्य करना।

galore n. & adv. प्राचुर्य, आधिक्य, बहुतायत,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

इफरात; प्रचुर मात्रामें, आधिक्यपूर्वक, बहुतायतसे (*with beef and ale ~*)।

galosh, gol- n. जूतोंपर चढ़ानेका चमड़ा या रबर, जूतोंके निचले भागमें लगानेका चमड़ा।

galumph v. i. इतराते हुए चलना, अकड़कर चलना, ऐंड़से चलना, ऐंठसे चलना।

galvanic a. (प्रा०) वैद्युतिक, द्युरसायनिक, विद्युत्-शक्ति-सम्बन्धी, रासायनिक वैद्युतिक प्रक्रिया द्वारा उद्भूत, रासायनिक बिजलीसे उत्पन्न, विद्युत्-सम्बन्धी, गैलवनीय; (ला० स्थिति, गति आदि) आकस्मिक और बनावटी; ~ battery, pile गैलवनीय बैटरी, द्युरसायनिक समूहा।

galvanism n. रासायनिक क्रिया द्वारा उत्पन्न विद्युत् या अन्य प्रकारकी बिजलीका चिकित्सामें प्रयोग; (प्रा०) रासायनिक विद्युत्-तत्त्व, विद्युत्-शक्ति विज्ञान; प्रारम्भिक बैटरीसे उत्पादित विद्युत्।

galvanist n. रासायनिक विद्युत्-तत्त्वज्ञ, ऐसा प्रयोग करनेवाला, जस्ता या झूल चढ़ानेवाला।

galvanization n. मुलम्मा, मुलम्मासाजी, झूल, गैलवनीकरण; यशदीकरण, जस्ता चढ़ाना।

galvanize v.t. जस्ताकी कलई करना, गैलवनीकरण करना; जस्ता चढ़ाना (प्रायः विद्युत् प्रयोग किये बिना), झूल चढ़ाना; रासायनिक विद्युत्-शक्तिसे युक्त या संजीवित करना, द्युरोपित करना; यशदीकृत करना; ~ *into life* आघात या समुत्तेजना द्वारा उभाड़ना।

galvanizer n. मुलम्मासाज, झूल चढ़ानेवाला, गैलवनीकरण करनेवाला।

galvanometer n. विद्युद्धारा मापक, द्युवाहमान।

galvanoplasty n. कुप्यायन, कुप्यावरण, यशदाघटन।

galvanoscope n. गालवनैस्कोप (विद्युत्धाराकी दिशाका मापक-यन्त्र)।

galvanotropism n. विद्युत्प्रतिक्रिया।

gambade, -ado n. दुष्टता, अशिष्टता, अनुचित गति, शरारत; घोड़ेकी छलाँग, उछल-कूद।

gambier, gambir nn. खदिर, खैर, कत्था।

gambit n. (ला०) प्रारम्भिक कार्यवाही; शतरंजमें एक पैदल खोकर बड़े मोहरेपर आक्रमण करनेकी चाल; (ला०) सुन्दर चाल, होशियार चाल।

gamble १. n. द्यूतक्रीड़ा, अक्षक्रीड़ा, जुआबाजी; साहसपूर्ण कार्य, जोखिमका कार्य; २. v.t. & i. द्यूतक्रीड़ा करना, अक्षक्रीड़ा करना, जुआ खेलना; साहसपूर्ण कार्य करना, जान-बूझकर बड़े लाभके लिए (युद्ध या अर्थमें) संकटका सामना करना, दाँवपर लगाना, जोखिम उठाना, जोखिममें पड़ना।

gambler n. द्यूतकार, जुआरी, जुएबाज।

gamblesome a. द्यूतप्रिय, जुएबाज; साहसपूर्ण, संकटपूर्ण, जोखिमकर।

gambling n. द्यूत, जुआ;

~ contract, ~ game, ~ house, ~ policy.

gamboge n. कम्बोडिया और श्यामके वृक्षोंसे निकलनेवाली (लाख जिससे पीला रंग निकलता है), काम्बोज्य।

gambol १. n. केलि, उछल-कूद, किलोल, छलाँग, फलाँग; २. v. i. उछलना, कूदना, कुलेल करना।

gambrel n. वक्रकाष्ठ, मुड़ी हुई लकड़ी; (घोड़ेके पिछले पैरकी) गुमटी।

gambroon n. गबरून, एक ऊनी कपड़ा।

game[1] n. (प्रा० ग्रीस और रोममें pl.) व्यायाम, नाटकीय और संगीत प्रतियोगिताएँ, मनोरंजक प्रदर्शन; योजना, काम, धुन (*so that's your little ~*); खेल, बाजी जो कौशल अथवा शक्ति या भाग्यसे निर्णीत हो; आनन्दपूर्ण घटना (*what a ~ !*); मनोविनोद, क्रीड़ातरंग या उमंग, मनबहलाव (*a ~ of ball*); परिहास, हँसी, मजाक, ठट्ठा, दिल्लगी; आखेट, अहेर, शिकार, शिकारके जानवर, शिकार किये हुए पशु या पक्षी; (बहु०) आमिष, शिकारके पशुका मांस; खेलकी स्थिति, खेलकी दशा या गति, खेलका रंग (*the ~ is four all, love three* etc.); खेलमें की जीत, बाजी; एक दाँव, खेलकी एक बाजी, (जैसे हिस्ट, टेनिस); (वाणि०) किसी खेलका पूरा सामान; (pl.) छल, दाँवपेंच, चालें (*none of your ~s*); पालतू हंसयूथ; fair-~ हन्तव्य आखेट; ~-bag आखेट-स्यून, शिकारबन्द, शिकारका झोला, शिकारका थैला; ~-ball (टेनिस आदिमें) खेलकी समाप्तिका गेंद; ~-cock लड़नेवाला मुर्गा, लड़ाईके लिए पाला हुआ मुर्गा; ~-fowl पाली लड़नेवाला पक्षी; ~-keeper आखेटरक्षक, शिकारगाहका रखवाला; ~ law आखेट विधान, मृगरक्षार्थ विधि, शिकार-कानून; ~-leg पंगुपाद; ~-preserver आखेट्य-परिरक्षक, आखेट-स्थलका स्वामी, शिकारगाहका मालिक; *make ~ of* हँसी उड़ाना, मजाक बनाना; *play a good, poor, ~* खेलमें कुशल होना, अकुशल होना; *play* one's *~* अपनी योजनाओं को कार्यान्वित करना; *play the ~* (शा० और ला०) सम्मानपूर्वक या सम्मानपूर्ण आचरण करना, नियमोंका पालन करना; *the ~ is up* अब सफलता असम्भव है; *what is your ~* क्या इच्छा है ?

~ bird, ~ book, ~ chicken, ~ damage, ~ dealer, ~ licence, ~ preserve, ~ preserving, ~-proof fence, ~ refuge, ~ rules, ~ tenant.

game[2] v.t. & i. द्यूतक्रीड़ा करना, अक्षक्रीड़ा करना, जुआ खेलना; जुएमें उड़ा देना या हार जाना।

game[3] a. कार्यशक्ति-सम्पन्न; लड़ाकू मुर्गेके समान, साहसी, दिलेर।

game[4] a. लँगड़ा, लूला, टुण्डा।

gameful a. परिहासी, विनोदी, हँसीबाज, ठट्ठाबाज, दिल्लगीबाज।

gameness n. साहस, हिम्मत।

gamesome a. स्फूर्तिशील, चंचल, फुर्तीला; खेलकूदका प्रेमी, खिलाड़ी; परिहासशील, विनोदी, हँसमुख।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

gamesomeness n. चंचलता, फुर्तीलापन; खिलाड़ीपन; परिहासशीलता, विनोदीपन, हँसमुखपन।

gamester n. खिलाड़ी, शिकारी, जुआरी।

gamete n. (जीववि०) युग्मक, जननकोष, जन्यु, गैमीट।

gametic a. जान्यव, जननकोषीय।

gametocyte n. युग्मजन, जन्युकोष।

gametogenesis n. (जीववि०) युग्मकोत्पादन, जननकोषोत्पादन, जन्यु-जनन, गैमीटजनन।

gametophyte n. जननशील पौधा, जनक।

gamic a. लिंग-जनित, योनिजनित; लैंगिक, लिंगीय, जननेन्द्रिय-सम्बन्धी।

gamma इकार, इ-वर्ण; ग्रीक वर्णमालाका तृतीय वर्ण (Γ, *y*, = G) बहुधा ३ और c की संख्यापूर्तिके लिए प्रयुक्त; एक प्रकारका कीड़ा या तितली, गैमा कीट, गामा; ~ rays x रश्मि, अत्यन्त लघु तरंग दैर्घ्यकी एक्स किरणें जो रेडियो-ऐक्टिव पदार्थोंसे निकला करती हैं, गामा किरणें।

gammadion n. FYLFOT.

gammer n. (गँवारू नाम) बुड्ढी, बुढ़िया, डोकरी।

gammon[1] १. n. वल्लूर, शूकरमांस, नमक लगाकर तपाया हुआ सुअरकी जाँघका मांस; २. v.t. सुअरके पुट्ठे और रानके मांसको नमक लगाकर सुखाकर तैयार करना; ~ *& spinach* धोखा, बनावट।

gammon[2] १. n. नर्दके खेलमें पूर्ण विजय, चौसर या बैकगैमनमें दो बाजीकी जीत; २. v.t. नर्द या चौसरमें दो बाजीसे हराना।

gammon[3] १. n. प्रतारणा, प्रवंचना, छल, धोखा, दगा, बुत्ता; २. v.t. & i. छलना, धोखा देना, बुत्ता देना; हीला करना या बनाना, मक्कर मारना; चिकनी-चुपड़ी बातें करना; ३. int. वाग्जाल, निरर्थक, लचर।

gammon[4] १. n. बन्धन, रस्सी, सुतली; २. v.t. (नौवि०) जहाजके अग्रभागसे बाँधना।

gammy a. पंगु, लँगड़ा; क्षत, घावपूर्ण, घाववाला।

gamogenesis n. सन्तानोत्पादन, जनन।

gamopetalous a. युक्तपत्र, युक्तदल, युग्मपत्रक।

gamosepalous n. युक्तनिदल।

gamp n. भद्दा छाता, बड़ी छतरी।

gamut n. बड़ा स्वरग्राम या सरगम जिसमें मध्ययुगीन संगीतके सम्पूर्ण स्वर होते हैं (G से E तक त्रयीके उच्चतम स्थानतक); मध्ययुगीन स्वरग्राम या सरगमका सबसे निचला सुर=निम्न पट्टीकी सबसे निचली पंक्तिपर आधुनिक G; ग्राम, आधुनिक सम्पूर्ण स्वर, सरगम; पूर्ण विस्तार, क्षेत्र, विषय (*the whole ~ of crime*); स्वर या वाद्यका वृत्त या घेरा; मुख्य उभयस्वरात्मक सरगम।

gamy a. क्रीड़ापूर्ण, आखेटपूर्ण, अहेरभरा; अहेर या शिकारकी गन्ध रखनेवाला, शिकारकी बूवाला; उद्वाह, संगम।

ganch v.t. शूलारोपित करना, सूली चढ़ाना, भालेसे मारना।

gander n. हंस; मूर्ख, बुद्धू, घामड़, बेवकूफ; *as is the ~ so is the goose, sauce for the goose is sauce for the ~* एकके लिए अच्छा सो सबके लिए अच्छा।

gang १. n. गण, वृन्द, दल, जत्था, टोली, मण्डली, झुण्ड, गिरोह, जुट (अपराधियों या कर्मियोंका); २. v.i. मिल जाना ⊙, (~*up*) मिलकर काम करना ⊙; ~ agley (योजनाका) बिगड़ना, टेढ़ा जाना; ~-board नावपर चढ़नेका पटल या फलक; ~ one's *ain gait* अपने मनका मार्ग ग्रहण करना, अपनी करना, मनमानी करना;

~-book, ~man, ~ muharir, ~-roll.

gange v.t. बढ़िया तारसे (रक्षाके विचारसे) बाँधना, (मछली पकड़नेके काँटे आदिपर) तार मढ़ना।

ganger n. मजदूरों या कुलियोंका जमादार।

Gangetic a. गांगेय, गंगाका।

ganging n. मछली पकड़नेके काँटेको बढ़िया तारसे बाँधनेका कार्य, तार मढ़ाई।

gangliac a. कार्यकेन्द्रीय, शक्तिकेन्द्रीय, शक्ति-केन्द्र-विषयक; ग्रन्थि-विषयक, गण्ड-सम्बन्धी।

gangliform a. ग्रन्थ्याकार, गण्ड-रूप, नाड़ियोंके रूपवाला।

gangling n. & a. ⊙ मूर्ख, झींपू, बेढंगा, भद्दा।

ganglion n. (ला०) आकर्षण या रुचिकेन्द्र, कार्यकेन्द्र, शक्तिकेन्द्र; ग्रन्थिका, प्रगण्ड, गुच्छिका, (अर्धस्वाधीन नाड़ीकेन्द्र) नसकी ग्रन्थि, गण्ड, घेघा; कण्डरापुटी, गैंग्लियान।

ganglionary a. ग्रन्थिल, गण्डदार, नाड़ीदार।

ganglionic a. = GANGLIAC.

gangrel n. इत्वर, स्वतन्त्रचारी, स्वच्छपर्यटक, घुमक्कड़, आवारा।

gangrene १. n. पूतिमांस; (प्रायः ला०) विगलन, कोथ, सड़न, सड़ाँध (~ *of skin*); २. v.t. & i. शरीरांगका सड़ जाना, सुन्न हो जाना।

gangrenescent a. कोथमय, सड़नेवाला।

gangrenous a. कोथमय, सड़ा हुआ, गला हुआ।

gangster ⊙ n. अपराधियोंके गिरोहका एक सदस्य।

gangue n. विधातु, कच्ची धातु मिली मिट्टी, कच्ची धातु मिला हुआ खनिज द्रव्य, गैंग।

gangway १. n. मार्गिका, मार्गवीथी; गलियारा; जहाजपरका मार्ग; जहाजसे तटपर आने-जानेकी सीढ़ी, सेतु या पुल; २. int. कृपया मार्ग दीजिए, रास्ता दीजिए; *to bring to the ~* बाँधकर पीटना।

ganja n. गांजा।

gannet n. शूलकाक, हंस, एक समुद्री पक्षी, गैनिट।

ganoid n. & a. आकाचकशल्क, भास्वाभ, उज्ज्वल, चिकना, चमकीला (मछलीके शल्कके लिए); आकाचक-मत्स्य, भास्वाभीय (मत्स्य), चमकदार छिलकेवाली, चमकीले खपरेवाली (मछली)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

gantry, gaun- n. आश्रयी, पीपेका चौपाया आधार या टिकान; रेलवे सिगनल आदिका ढाँचा, गन्त्री ।

Ganymede n. (ग० ज्यो०) चतुर्थोपगुरु, वृहस्पतिके चतुर्दिक परिभ्रमण करनेवाले तारोंमेंसे एक; भृत्य, सेवक, शराबखानेका नौकर, वेटर ।

gaol, jail १. n. कारावास, कारागार, बन्दीगृह, जेल, जेलखाना; बन्ध, कैद; २. v.t. कारावासका दण्ड देना, कारागारमें भेजना, जेलमें बन्द करना, जेल देना, जेल भेजना; ~-bird नित्यका अपराधी, आदी कैदी, पुराना बदमाश ।

gaoler, jailer, jailor n. कारासंरक्षक, कारापति, काराधिकारी, जेलखानेका दारोगा, जेलर ।

gaoleress, jaileress, jailoress n. कारासंरक्षिका, कारा-स्वामिनी ।

gap n. अवकाश, विच्छित्ति; द्रोणी, दून, घाटी, दर्रा; विच्छेद, दरार; व्यवधान, क्रमभंग, अपूरित स्थान या अन्तराल, रिक्त, शून्य, भारी अन्तर, बीच (विचार, सहानुभूति आदिका); ~-toothed बीड़र दाँतवाला; *stop, fill, supply a* ~ अन्तर न रहने देना, कमी पूरी करना ।

gape १. n. जृम्भा, मुखव्यादान, जँभाई; खुले मुँह या चोंचका विस्तार, मुँहकी चौड़ाई, चोंचका खुला भाग; मुँह फाड़े हुए अवलोकन, घूरनेकी क्रिया, हक्काबक्कापन; विच्छेद, भंग, दरार; २. v. i. मुँह फैलाना (जीव, घोंघा, घाव, दरार आदिका), मुँह बाना, पूरी तरह खुला या फैला होना, फैलना, पूरी तरह खुलना, मुँह फाड़ना, फटना, तड़फना; जँभाई लेना, जमुहाई लेना; विस्मय-विस्फारित लोचनोंसे देखना, आश्चर्यसे देखना, हक्काबक्का रह जाना, मुँह फाड़कर देखना; *the ~s* (हास्य०) जँभाइयोंका दौरा, मुर्गोंकी एक बीमारी जिसका लक्षण चोंच फैलाना है ।

gaper n. क्रियागत अर्थोंमें, जृम्भक, जँभाई लेनेवाला, मुँह फैलानेवाला ।

gapped, gappy aa. अन्तरयुक्त, दरारदार, खुला ।

gar n. = GARFISH.

garage १. n. मोटर-घर, गाड़ीखाना, मोटरखाना, गैरेज, गैराज; २. v.t. यानशालामें रखना, गैरेजमें (मोटरकार) रखना ।

garb १. n. वेश-विन्यास, वेश-रचना, भूषा, प्रसाधन, परिधान, वेश, वस्त्र, कंचुक, पहिरावा; २. v.t. परिहित करना, (विशिष्ट) कपड़े पहनाना या ओढ़ाना ।

garbage n. उच्छिष्ट, निकृष्ट वस्तु, आवर्जना, उच्छेप; अश्लील या निरर्थक साहित्य, गन्दगी, कूड़ा, ओझड़ी, पचौनी, छीछड़े, अँतड़ियाँ आदि; ~ can⊙ कूड़े-करकटकी खत्ती ।

garble v.t. विचयन करना, उत्तम या श्रेष्ठ वस्तुएँ चुरा लेना या छाँट लेना (क्व०); छानना, बीनना; (प्रायः अनुचित और दोषपूर्ण) उद्धरण देना, अर्थविपर्ययके विचारसे परिवर्तन करना, इधर-उधरसे अपने मतलबकी चीजें चुन लेना, बिगाड़ना ।

garcon n. (होटलका) नौकर, छोकरा, वेटर, बैरा ।

garden* १. n. पुष्पवाटिका, शाकवाटिका, पुष्पवन, उपवन, उद्यान, बाड़ी, बाग*, फुलवारी; (pl.) प्रमोदवन, क्रीडा उपवन, विलासोपवन, *(botanical, zoological ~s)*; उद्यानवासी (*~ spider*); (pl. संज्ञाओंके साथ जैसे *Onslow, spring, ~s*); राजमार्ग या चतुष्पथ-स्थित गृहपंक्ति; विशेष उर्वरक्षेत्र; (गुणवा० हाइफन सहित या बिना हाइफन) उत्पादित, अवन्य, कृष्ट, (*~ plants*) २. v. i. बाग लगाना; ~-city उद्यान नगर (जो विस्तृत और आकर्षक परिपार्श्वमें व्यवस्थापूर्वक बसाया गया हो); ~ marigold गेन्दुक, गेंदा; ~-party उद्यान-गोष्ठी, उद्यान या लॉनमें होनेवाला सामाजिक समारोह; ~ pea कलाय, मटर; ~ purslane लोणी, लुनिया; ~ spinach पालक, पालकी; ~-stuff शाक-भाजी और फल, ~ truck⊙ फल और शाकभाजी; ~white एक तितली; *common or* ~ (ग्राम्य) साधारण, मामूली; *the ~ England* इंग्लैण्डके अतीव उर्वर क्षेत्र;

~ balsam, ~ bean, ~ beet, ~ cress, ~ crop, ~ endive, ~-engine, ~-frame, ~-gate, ~-glass, ~-house, ~ hybrid, ~ lettuce, ~ lizard, ~ mint, ~-mould, ~ nightshade, ~ orach, ~ overseer, ~ party, ~ plant, ~-plot, ~ produce, ~ sage, ~ soil, ~ spider, ~ stuff, ~ umbrella, ~ warbler.

gardened a. उद्यानयुक्त, उद्यानमय ।

gardener n. उद्यानरक्षक, उद्यानपालक, मालाकार, माली, बागवान ।

gardenesque a. पुष्पोद्यानतुल्य, उपवनकल्प, उद्यानवत्, बाग-सा ।

gardenia n. नाडीहिंगु, चमेली, गार्डीनिया ।

gardening n. उद्यानसेवन, बागबानी, मालीका काम ।

Gardner (gun) n. आरम्भिक बनावटकी तोप ।

gare n. फ्रांसीसी रेलवेस्टेशन ।

garefowl n. हिमेरु, एक मुर्गाबी ।

garfish n. कुन्तमीन, दीर्घाकृति मत्स्यविशेष, गारमत्स्य ।

gargantuan a. महाकाय, वृहत्काय, महाकार, वृहत्तम, विशाल, बहुत बड़ा; बहुभोजी, पेटू ।

gargarism n. गण्डूष, कुल्ला, गरारा ।

gargarize v.t. गण्डूष करना, कुल्ला करना, गरारे करना ।

garget n. (पशुओंका एक रोग) गल शोथ, स्तनशोथ ।

gargle १. n. गण्डूष, कुल्ला, गरारा, गलगला; गलगलाकी द्रववस्तु; २. v.t. & i. किसी द्रवपदार्थसे कुल्ली करना, गलगला करना, गलगलाना ।

gargoyle, gur- n. विचित्र टोंटी, मोरी, पनाला ।

garibaldi n. किशमिश-मुनक्का मिश्रित बिसकुट; स्त्रियों या बच्चोंका ब्लाउज (मूलतः चमकीला लाल),

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

गैरीवाल्डी ।

garish a. अति अलंकृत, अति सज्जायुक्त, अति उज्ज्वल, भास्वर, अत्यन्त चमकीला, भड़कीला, दिखाऊ, ठाटबाटका, नुमायशी ।

garishness n. भड़कीलापन, दिखाऊपन, ठाटबाट ।

garland १. n. स्रज्, माल्य, माला, हार, शेखर, गजरा, (फूलों और पत्तियों आदिकी) वनमाला; (प्रा०) पद संग्रह, पद्यमाला; वैशिष्ट्य, विशिष्टता, विशेषता; जय, विजय, पुरस्कार (विजय आदिके लिए); २. v.t. माला या हारसे सजाना; हार पहनाना, गजरा गलेमें डालना ।

garlic n. लशुन, महाकन्द, लहसुन ।

garlicky a. लहसुनकी (गन्ध), लहसुन-जैसा ।

garment १.n. परिधान, वसन, पोशाक,(pl.) वस्त्र, पट, कपड़े; प्रच्छादन, ओढ़ना, किसी वस्तुके ऊपरका आवरण; lower ~ अंतरीय, अधोवसन; upper ~ उत्तरीय; २. v.t. (का०; प्रायः p.p. में) कपड़े पहनाना; *borrowed ~s never suit well* मँगनीके कपड़े ठीक नहीं आते ।

garmented a. वस्त्राभूषित, वसनाभूषित, कपड़े पहने; प्रच्छादित ।

garner १. n. (का०) धान्यागार, धान्यकोष्ठ, खत्ती, बखार, कोठार, गोदाम; २. v.t. संचित करना, एकत्र करना, संग्रह करना, इकट्ठा करना, अनाज भरना ।

garnet n. रक्तमणि, विक्रान्त, तामड़ा, याकूत, गार्नेट; ~ base, ~ brown, ~ lac, ~-rock.

garnetiferous a. रक्तमणियुक्त, विक्रान्तयुक्त, तामड़ेदार, गार्नेटवाला ।

garnish १. n. अलंकार, व्यंजन, (ला० भी), साहित्यिक सज्जा, सिंगार, छटा, अलंक्रिया; २. v.t. अलंकृत करना, सजाना, चमकाना; खाना चुनना; (कानून) किसी व्यक्तिको नोटिस देना, रकमकी कुर्कीका नोटिस देना, सम्मन तामील करना ।

garnishee n. ऋण-लग्नक, प्राधमर्ण, अनुऋणी, ऋणीका ऋणी ।

garnisher n. आलंकारिक, खानेकी थाली चुननेवाला ।

garnishing n. अलंकरण, सजाना, चमकाना, चुनना; अलंकार, मण्डन, सजावट ।

garnishment n. प्राधमर्ण सूचना; खानेकी थालियोंकी सजावट ।

garnishry n. भूषण, आभूषण, विभूषण, अलंकार, सज्जा, सजावट ।

garniture a. चुननेका कार्य, सजाव, सजावट; वेशभूषा, परिधान, वस्त्र; बन्दनवार, झालर, फर्नीचर, सामान, असबाब ।

garotte n. = GARROTTE.

garran n. पहाड़ी टट्टू ।

garret[1] n. चन्द्रशाला, उत्तरागार, शिरोगृह, अट्टालिका, छतका कमरा, सबसे ऊपरकी मंजिलका कमरा, अटारी; (ग्रा०) सिर (*be wrong in the ~*) ।

garret[2] v.t. (स्था०) दीवार आदिमें ईंटों या पत्थरोंके बीच रोड़े या पत्थरके टुकड़े भर देना ।

garreteer n. अट्टवासी, अटारीवाला, GARRET में रहनेवाला, गैरिटीयर ।

garrison १.n. गढ़सेना, दुर्गरक्षक, रक्षक सेना, दुर्गसैन्य, दुर्गसेना, स्थापित सेना (जो दुर्ग, नगर आदिकी रक्षार्थ हो); २. v.t. सेना निवेश करना, दुर्ग आदिकी रक्षार्थ सेना नियुक्त या स्थापित करना, सेनास्थानके लिए अधिकृत करना, मोर्चाबन्दी करना, किलेमें रखना ।

garrot n. समुद्री बत्तख ।

garrotte १. n. गला घोटकर बटमारी; स्पेनका मृत्युदण्डयन्त्र (जिससे अपराधीका गला घोटकर प्राणान्त किया जाता है), गला घोटनेका पेंच, गारोत, गैरॅट; २. v.t. लूटनेके लिए गला घोटना, बटमारीके लिए गला घोटना; गला घोटकर मृत्युदण्ड देना या मारना ।

gar(r)otter n. गला घोटकर मारनेवाला डाकू या जल्लाद ।

garrotting n. गला घोटना, गला घोंटकर मार देना ।

garrulity, garrulousness nn. अतिवाद, बहुभाषिता, वाचालता, बातूनीपन, बकवाद, बड़बड़ाहट ।

garrulous a. मुखर, वाचाल, अतिभाषी, बहुभाषी, वाचाट, बातूनी, गप्पी; (विहग, धारा आदि) कूजनमय, चहचहाता, कल-कल-ध्वनिमय, चूँ-चूँ करनेवाला ।

garter १. n. पाद्याबन्धक, मोजा बाँधनेका तसा, गेटिस; २. v.t. मोजोंके तस्मे बाँधना, गेटिस बाँधना; G~ King of Arms 'नाइट' वर्गकी सर्वोच्च श्रेणी; *the* G~ इंग्लैण्डके नाइटपदकी सर्वोच्च मर्यादा (का विशिष्ट-चिह्न), उसकी सदस्यता ।

garth n. (प्रा० और बोल०) विहार या मठके भीतरका खुला स्थान, छोटा घेरा, हाता, आँगन, बागीचा, घुड़दौड़के घोड़ोंका घेरा ।

gas १. n. वाति, वायव्य, कोई भी वायव आकार या सूक्ष्मतम द्रव (ऐसा द्रव जो साधारण तापमानसे तरल या ठोस न हो जाय), गैस; इस प्रकारका द्रव; (*poison ~* भी) विषैली गैस (शत्रुसैन्यपर प्रयुक्त); पेट्रोल, गैसोलाइन ⊙; गुब्बारा या बैलून भरनेमें प्रयुक्त उद्जन, हाइड्रोजन आदि; नाइट्रस आक्साइड गैस जो संज्ञाशून्य कर देती है (प्रायः *laughing ~*); (खनन) fire-damp का वायुके साथ विस्फोटक मिश्रण; गैसका जेट जो प्रकाशके लिए प्रयुक्त होता है; वाताधिक्य, वाताधिकता; दम्भ, डींग, डींग, कोरी बकवास, व्यर्थकी बकवास, बड़; २. v.t. & i. गैस प्रदान करना, गैसकी पूर्ति करना (कमरे, रेलगाड़ी आदिमें), गैस-विषाक्त होना, गैसके विषसे व्याप्त होना, गैसके विषसे प्रभावित होना; (स्थान, शत्रुपर) विषैली गैस छोड़ना; डींग मारना, कोरी बकवास करना, बड़बड़ाहट करना, बातें बनाना, शेखी बघारना; ~-bag गैसका थैला, गैस भरनेका बैग; व्यर्थ बकवास करनेवाला; हवाई जहाजका वाति-पात्र, हवाई जहाजका गुब्बारा, वाति; ~-bracket वाति-नाड, गैस-नली, दीवारमें लगा हुआ पाइप जिसमें गैसकी मशालें लगी हों; ~-coal गैसका कोयला; ~ engine गैसका इंजन, गैस-इंजन; ~-fitter

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

व्यापारी या कारीगर जो घरोंमें गैसकी व्यवस्था करते हैं; ~ helmet, -mask विषैली गैससे रक्षा करनेवाला टोप या हेल्मेट, गैस ढक्कन, गैस मास्क; ~-meter गैस-मापक-यन्त्र, व्यवहृत गैसकी मात्रा लिपिबद्ध करनेवाला यन्त्र, गैसमीटर; ~-ring वातिवलय, छिद्रिल वलय (जिससे गैस निकलती है जिसपर खाना आदि पकाते हैं), गैस-वलय; ~-shell विषैली गैसका बम (प्रायः तरल अवस्थामें), गैस-शेल; ~ tank गैस-मापक-यन्त्र, गैसोमीटर; ~-works वातिशाला, गैस-उत्पादन-कार्यालय, गैसका कारखाना; *step on the* ~ ⊙ ऐक्सेलरेटर पैडलको पैरोंसे दबाकर मोटर-इंजनको संचालित करना, (ला० भी);

~ absorption, ~ apparatus, ~ appliances, ~ bacillus, ~ black, ~ bubble, ~ bubbler, ~-burette, ~-burner, ~ carbon, ~-charged, ~ coke, ~-condenser, ~ constant, ~-container, ~-cooker, ~ cylinder, ~-driven, ~ engineering, ~ equation, ~ escape, ~-field, ~-filled, ~-fired, ~ fittings, ~-furnace, ~ gangrene, ~ gangrene antitoxin, ~-gauge, ~-generator, ~-globe, ~-heated, ~-heater, ~-holder, ~ house, ~ jar, ~-jet, ~-laden, ~lamp, ~ light, ~ lighting, ~ lime, ~lock, ~ main, ~-maker, ~man, ~ mantle, ~-mechanic, ~ motor, ~ oil, ~-operated, ~-oven, ~-plant, ~-plant driver, ~-producer, ~-proof cover, ~-purifier, ~ regulator, ~ reservoir, ~-stove, ~-tap, ~-tar, ~-thermometer, ~-tight, ~-tubing ~-vacuole, ~-volumeter, ~-washing bottle, ~ water, ~-welding, ~ well.

Gascon n. दम्भी, डींग मारनेवाला, गाल बजानेवाला।

gasconade १. n. दम्भ, डींग, बड़बोलापन, शेखी; २. v. i. डींग मारना, शेखी बघारना।

gasconader n. दम्भी व्यक्ति, डींग मारनेवाला, गाल बजानेवाला।

gaseity n. गैसकी विशेषता या गुण।

gaselier n. गैसका झाड़, अनेक कल्लेवाला गैस-लैम्प।

gaseous a. वातीय, वातिमय, गैस-सा, गैसका।

gaseousness n. वातीयता, वातिमयता, गैस-सा होना।

gash १.n. दीर्घक्षत, दीर्घच्छेद, गम्भीर क्षत, गहरा घाव, गहरा बड़ा घाव; गहरा बड़ा चीरा लगानेका कार्य; चोट, चीरा, वार; २. v.t. गहरा घाव करना, चीरा देना।

gasifiable a. गैस बनाने योग्य।

gasification n. वातीयन, वातिकरण, गैसीकरण; खानमें पड़े कोयलोंसे गैस बनाना।

gasiform a. वाति-तुल्य, गैस-सदृश, गैस-जैसा।

gasify v.t. गैसीकरण करना, गैस बनाना।

gasket n. रस्सी या डोरी जिससे पिस्टन (चकली) या नावके जोड़ों आदिको बाँधते हैं; पाल बाँधनेकी छोटी रस्सी या डोरी।

gaskins n. pl. लम्बा मोजा।

gasless a. निर्वात, गैसरहित, बिना गैसका।

gasolene, -ine n. पेट्रोल ⊙; एक प्रकारका उड़ जानेवाला ज्वलनशील द्रवपदार्थ जो ताप और प्रकाश पैदा करनेमें काम आता है, पेट्रोलियमसे प्राप्त द्रवपदार्थ, गैसोलीन।

gasometer n. वातिमान; गैस-आगार, गैस-भाण्डार (जहाँसे नलकियों द्वारा गैसका वितरण होता है), (रसा०) गैसपात्र, गैस रखनेका वर्तन।

gasometric a. वात्यागारीय, वातिमान-विषयक, गैसभण्डार-सम्बन्धी।

gasometry n. वात्यागार-विज्ञान, वातिमान-शास्त्र, गैसभण्डार-विद्या।

gasoscope n. वाति-दर्श, गैसदर्शक-यन्त्र, वातिदर्शक-यन्त्र।

gasp १. n. कष्टश्वास, हाँफी, हाँफा; २. v.t. & i. साँस फूल जाना, हाँफना; *at one's last* ~ अन्तिम साँसके समय, मरते समय, मौतकी हिचकियाँ लेते समय; ~ *life* etc. *away* or *out* साँसका निकल जाना, मर जाना, दम निकल जाना, दम तोड़ देना; ~ *out* हाँफते हुए कहना; *the last* ~ मृत्युकाल, अन्त काल, अन्त समय।

gasper n. (विशे०, ग्रा०) सस्ता सिगरेट।

gassed a. विषवाति-युक्त, जहरीले गैससे भरा।

gasser n. बक्की, व्यर्थ बकवास करनेवाला।

gassiness n. शाब्दिक घटाटोप, शब्दाडम्बर, बड़।

gassy a. गैसपूर्ण, वातिमय, गैस-सा; (बात आदि) शब्द-बहुल, शून्य।

gast(e)ropod n. शम्बूक, उदरपाद, एक प्रकारका घोंघा।

gasteropodous a. उदरपाद-सम्बन्धी, घोंघेका।

gastral a. = GASTRIC.

gastralgia n. जठरशूल, जठरगद, पेटपीड़ा।

gastric a. आमाशय-, आमाशयिक, जठरीय, जठर-, जाठर, पेटका; ~ fever अन्त्र-ज्वर, आन्त्रिक ज्वर, जठर-ज्वर; ~ juice आमाशयका रस, जाठर रस, आम रस।

gastritis n. जठरार्ति, उदरदाह, उदर-प्रदाह।

gastrocele n. जठरवर्ध्म, पेटका हर्निया।

gastroenteritis n. जठर अन्त्रार्ति, जठरान्त्र कोप।

gastrointestinal a. जठरान्त्र, आमाशयान्त्रीय, *(~disorder)*।

gastrologer n. पाचक, महाराज, रसोइया, बावर्ची।

gastrologist n. पाकदक्ष, पाकविद्।

gastrology n. पाकविद्या, पाककला; जाठरिकी, जठर-विज्ञान।

gastronome n. पाकविद्याका पारखी, उदरपरायण व्यक्ति।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

gastronomer n. पाकदक्ष, भोजनविलासी, उदरपरायण, पेटू।

gastronomic, -al aa. पाककला-सम्बन्धी, सुभोजन-विलास-सम्बन्धी, पेटपूजाका।

gastronomist n. रन्धनकुशल, पाककुशल, चतुर सूपकार।

gastronomy n. उत्तम आहारकी कला और विज्ञान; उदरपरायणता।

gastrophile n. स्वन्न-प्रेमी, स्वादिष्ट भोजनका प्रेमी।

gastroscope n. उदरेक्ष, उदर-वीक्ष, उदर-दर्श, उदर-दर्शक यन्त्र, गास्ट्रोस्कोप।

gastroscopy n. उदर-परीक्षण, उदर-वीक्षण।

gastrosoph n. = GASTRONOMIST.

gastrostomy n. (शल्य०) जठरमार्ग-निर्माण, पेट तक भोजनका मार्ग बनाना।

gastrotomy n. (शल्य०) जठरच्छेद, पेट चीरनेकी क्रिया।

gate[1] १. n. प्रतिहार, द्वार, कपाट, दरवाजा, फाटक; गिरि-संकट, दो पहाड़ोंका मध्यवर्ती संकीर्ण पथ, घाटी, दर्रा; प्रवेश करने या निर्गमका साधन; लकड़ी या लोहेके जँगले या कठघरेका द्वार; (प्रा०) नगरका न्यायस्थल; मैच आदि देखनेवालोंकी संख्या; द्वारधन, प्रवेशद्वारपर उगाहा हुआ रुपया (*~-money* भी); २. v.t. (कैम्ब्रिज और ऑक्सफोर्डमें) कॉलिजसे बाहर निकलनेका निषेध करना; ~-bill (कैम्ब्रिज और ऑक्सफोर्डमें) विद्यार्थियोंके अतिकालसे आनेका लेखा, अतिकालका अर्थदण्ड, विलम्ब-दण्ड; ~-crasher (प्रा०) (नृत्य आदिके उत्सवमें) अनामन्त्रित पहुँचने वाला; ~house नगर-द्वारका कक्ष जो कारागारके रूपमें व्यवहृत होता था, पार्क आदिकी ड्यौढ़ी; ~-legged table द्वारपदी मेज, (जिसके पायोंके मोड़नेसे ऊपरी भाग बन्द हो जाता है); ~-money प्रवेश-शुल्क, खेलकी फीस; ~way तोरण, द्वारपथ, फाटकमें का रास्ता; द्वारमार्ग, प्रवेशद्वार, दरवाजा, फाटक; *~ of ivory, horn* वह द्वार जिसके द्वारा झूठे सच्चे सपने आया करते हैं;

~-attendant, ~-book, ~-keeper, ~-man, ~ pass, ~post, ~-register, ~-sale quota, ~ sentry, ~ tender, ~ ward, ~wayman, ~ wire, ~woman, ~works, ~wright.

gate[2] n. (उत्तरी इंग० में संज्ञाके साथ प्रत्ययवत्) मार्ग, सड़क।

gateau n. फ्रान्सीसी केक।

gated a. द्वारयुक्त, कपाटमय, दरवाजेदार, फाटकदार।

gateless a. द्वारहीन, बिना दरवाजेका, बिना फाटक।

gather v.t. & i. धन जोड़ना, दौलत जमा करना; संग्रह करना, एकत्र करना, इकट्ठा करना, बटोरना, जमा करना; उपलब्ध या प्राप्त करना (जीवन, श्वास), शक्ति संग्रह करना; संगठित होना, एकत्र होना; चेष्टाके लिए विचार या शक्ति आदिको एकत्र करना; आधिक्य होना, बढ़ना (*complexion ~s colour*); फसल काटना, कटनी करना, तिहाई काटना, लवनी करना; चुनना, बीनना, तोड़ना, लोढ़ना; (बिखरे हुए तथ्योंका) समाहार करना, उपसंहार करना, भूमिसे उठाना; (अवयव या व्यक्तिको) खींचकर समेट लेना, सिकोड़ लेना; वृद्धि होना, बढ़ोतरी होना (*the tale ~ed like a snowball*); निष्कर्ष निकालना, समझना, बूझना, परिणामपर पहुँचना; मोड़ना, समेटना, लपेटना (पोशाक, भौं), (कपड़ेमें) प्लेट डालना; फोड़ेका पकना, मुँह बनना, उभरना; *~ breath* आराम करना, दम लेना; *~ed to one's fathers* पितृलोक जाना, दिवंगत होना, मर जाना; *~ way* जहाजका गतिशील होना; *rolling stone ~s no moss* इधरसे उधर ढुलकनेवाले आदमीको कुछ हाथ नहीं आता।

gatherable a. संग्राह्य, एकत्रीकरणीय, इकट्ठा करने योग्य।

gatherer n. संचेता, संग्रहीता, संग्राहक, एकत्रित करनेवाला, इकट्ठा करनेवाला, बटोरनेवाला।

gathering n. क्रियागत अर्थोंमें, संग्रहण, इकट्ठा करना, अभिवर्द्धन आदि; सभा, संघ, जनसमूह, भीड़, जलसा, मजलिस; मवाद; ~ ground स्रवणक्षेत्र।

gathers n. (pl.) लपेट, परिधान या पोशाकका वह भाग जो समेट लिया जाता है।

Gatling n. कलवाली तोप या मशीनगन, एक प्रकारकी मशीनगन।

gauche a. भद्दा, भोंडा, फूहड़।

gaucherie n. अशिष्टता, असभ्यता, मूर्खता, गँवारपन, फूहड़पना; वेवकूफी, चूतियापन्थी।

Gaucho n. यूरो-अमेरिकी, यूरोपीय और अमेरिकाके मूलवासीकी सम्मिलित नसलका व्यक्ति, गॉचो।

gaud n. (pl.) उत्सव, समारोह, धूमधाम, रँगरेलियाँ, टीमटाम; भड़कीला आभूषण, भड़कदार चीज, भड़कीला पहिरावा।

gaudeamus n. विद्यार्थि-समारोह, छात्रोत्सव; आनन्दोत्सव।

gaudery n. कृत्रिम वस्तुएँ, दिखावटी सामान।

gaudiness n. अतिशोभा, प्रदर्शन, भड़कीलापन, तड़क-भड़क, दिखावा, नुमाइश।

gaudy[1] n. धूमधाम या टीमटामकी दावत; ~-day उत्सवका दिवस; कॉलिजके प्राचीन छात्रोंकी दावतका दिन।

gaudy[2] a. प्रदर्शनात्मक, समुज्ज्वल, कान्तिमान; दिखाऊ, रँगाव-चुनाववाला; भड़कीला, तड़क-भड़कदार, नुमाइशी (पोशाक, सज्जा, साहित्यिक शैली आदि)।

gauffer ⊙ n. एक प्रकारका केक।

gauge[1], **gage** ⊙ n. आमान, निर्दिष्ट माप, प्रमापी, अन्तर्माप, पैमाना, नाप; विस्तार, परिमाण, क्षमता, समाई; रेलकी पटरीकी चौड़ाई या अन्तर; (नौवि०, *gage*) वायुके अनुसार पोतकी सापेक्ष अवस्थिति; पात्रमें लग्न माप-चिह्न (जो उसमें स्थित वस्तुकी ऊँचाईसूचित करते हैं), यन्त्र या तार आदिके विस्तारके परीक्षण और निर्धारणका यन्त्र; परिमाण या भारमापक-यन्त्र (जिसके

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

द्वारा वर्षा, प्रवाह, वायु, ज्वार आदिका मापन होता है); (मुद्रण०) हाशिया बनाये रखनेकी पट्टी; समानान्तर रेखाएँ खींचनेवाला बढ़ईका औजार; गोनिया; आलोचन, अनुमान, परीक्षणका साधन, मानदण्ड, कसौटी; broad ~ महान्तर, ४ फुट ८॥ इंचसे अधिक चौड़ी पटरी; narrow ~ लघ्वन्तर, ४ फुट ८॥ इंचसे कम तंग पटरी; standard ~ ४ फुट ८॥ इंचकी चौड़ी पटरी; *take the ~ of* नापना, अन्दाज लगाना;

~ cock, ~ glass, ~ glass protector, ~ reader, ~ report, ~ rod, ~ tie.

gauge[2] v.t. मापना, माप करना (द्रवपदार्थकी गहराईकी, परिमाणी मात्राओं या भारकी जैसे वर्षा, वायु); समाई नापना, गुंजाइश मालूम करना (पीपे आदिकी); परिनिष्ठित आकार-प्रकार देना, एकरूप करना, एकसाँ करना; अनुमान करना, जाँचना, आँकना, अन्दाजा करना (व्यक्ति, चरित्र आदिका)।

gaugeable a. मापनीय, माप योग्य।

gauger n. मापक, नापनेवाला; अनुमान करनेवाला।

gauging n. मापन, प्रमापन, अन्तर्मापन, मापना; ~-rod आमानशलाका, पीपेकी समाई नापनेका आबकारीका यन्त्र।

Gaul n. (ह्यास्य०) फ्रांसीसी, फ्रेंचमैन; प्राचीन गॉलका निवासी।

Gauleiter n. नात्सी प्रान्तपति, प्रदेशपाल।

Gaulish n. & a. प्राचीन गॉलकी (भाषा); (ह्यास्य०) फ्रांसीसी।

gault n. (भूगर्भ०) चिकनी मिट्टीकी तह, (उच्च और निम्न हरितबालुकाके बीच चिकनी मिट्टी और अवमृद्के स्तर)।

gaum[1] n. चिपचिपाहट; चिपचिपा पिण्ड; लेप, पोत; (नयी वार्निशकी-सी) चमक, ओप, आब।

gaum[2] v.t. दुर्व्यवहार करना, बुरा बर्ताव करना; लेपना, लीपना, पोतना; बाधा डालना, रुकावट पैदा करना।

gaunt a. विकृत, विरूप, भयानक; अस्थिचर्मावशिष्ट; क्षीण, कृश, दुबला, पतला, सूखा।

gauntlet[1] n. (प्रा०) हस्तत्राण, लोहेका दस्ताना; मोटा दस्ताना; *fling, throw, down the ~* मुकाबलेके लिए चुनौती देना; *pick, take, up, the ~* चुनौती स्वीकार करना, बीड़ा उठाना, मैदानमें आना।

gauntlet[2], **gantlet** ⊙ nn. *run the ~* सिपाहियोंकी पंक्तिके मध्यसे बेंत या कोड़े खाते हुए गुजरना; सैनिक, नाविक या स्कूली दण्ड (ला० भी, आलोच्य या आलोचित होना)।

gauntleted a. दस्तानादार, दस्ताना पहने हुए।

gauntness n. भयानकता; कृशता।

gauntry n. तिपाई; = GANTRY.

gauze n. पतला पारदर्शी रेशमी या सूती वस्त्र, तारकी जाली, गाज़; हलका कोहरा;

~ bandage, ~ pad, ~ ring.

gauziness n. पारदर्शिता, जालीदारी।

gauzy a. रेशमी या सूती पारदर्शी वस्त्र जैसा सूक्ष्म, बारीक, महीन, जालीदार, जालीसदृश।

gavel n. (अमे०) नीलामकी बोली बोलनेवाले या सभापतिकी हथौड़ी, मुँगरी।

gavelkind n. (कानूनी) पुत्राधिकार, वेल्स और केण्टमें प्रचलित उत्तराधिकार कानून जिसके अनुसार बिना वसीयत किये मरनेवाले व्यक्तिकी सम्पत्ति उसकी सन्तानोंमें बराबर विभक्त कर दी जाती है।

gavial n. मकर, घड़ियाल।

gavotte n. सामान्य समयका गीतांश (प्रत्येक पद तृतीय आघातपर प्रारम्भ होनेवाला); १८वीं शतीका मन्द या शिथिल नृत्य, गावोतेका संगीत।

gawk[1] n. मूर्ख, गावदी, झेंपू, लजाधुर या फूहड़ आदमी, भोंड़ा।

gawk[2] v. i. मुँह फाड़कर देखना।

gawkiness n. बेढंगापन, झेंपूपन, बेतुकापन।

gawky n. & a. मूर्ख, झेंपू, बेढंगा, भद्दा, बेहूदा, भोंड़ा (आदमी)।

gay a. सुवेश, सुसज्जित, प्रदर्शनात्मक, भड़कीला, नुमाइशी, शोख; शानदार; हास्यरसिक, विनोदी, प्रमुदित, प्रफुल्लचित्त, जिन्दादिल; (अमे० ग्रा०) प्रगल्भ, बाचाल, बक्की, बड़बोला; (व्यंग्य) दुष्कर्मजीवी, दुश्चरित्र, लम्पट।

gaysome a. हृष्ट, हर्षित, मोदमय, प्रसन्न।

gaze १. n. प्रेक्षण, ताक, टकटकी; २. v.t. दृष्टि जमाना, टकटकी लगाकर या बाँधकर देखना, ताकना, घूरना (*at, on, upon*); *stand at ~* ताकते या घूरते रहना।

gazelle n. छोटा सुन्दर कुरंग, मृग, हरिण, हिरन।

gazer n. टकटकी लगाकर देखनेवाला।

gazette १. n. घोषपत्र, राजपत्र, तीन सरकारी गजटों मेंसे कोई एक (*London, Edinburgh, Belfast, G~*) वार्तापात्र, विज्ञप्तिपत्रिका, सूचनापत्र, समाचारपत्रिका, प्रकाशन, गजट; २. v.t. सरकारी गजटमें घोषित होना।

gazetted a. राजपत्रित, गजटेड (जैसे, *~ holidays, officer*)।

gazetteer n. (गजट लेखकोंके निमित्त प्रस्तुत होनेके कारण) भौगोलिक शब्दकोष, विवरणिका, गजिटियर।

gazing-stock n. दर्शनीय पदार्थ, दिखावटी वस्तु; घृणास्पद, घृणापात्र।

gazogene, gas- n. वातिजन; सोडावाटर बनानेका यन्त्र, गैज़ोजीन।

gear १. n. दन्तुर चक्रक, दाँतीदार पहियों आदिका जोड़, दाँतेदार पहिया; कल-पुरजे, औजार; घोड़ों आदिका साज; उपकरण, सम्भार, सामग्री, सामान, माल-असबाब, वस्तुएँ, पोशाक, सज्जा आदि (प्रा०); सामान, बर्तन-भाँड़ा; जहाजकी रस्सियाँ आदि; २. v.t. & i. मशीनमें पुरजे जोड़ना या लगाना, मशीनको चालू स्थितिमें लाना; दाँतीदार पहियेका ठीक बैठना; उद्योगशाला अथवा कार्यक्रमके साथ जोड़ देना, साज कसना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

साज लगाना (प्रायः ~ *up*); योक्त्र; गियर; ~-box, ~-case दन्तिधान, दाँतीदार पहियेका आवरण या खोल; ~-wheel दन्तिचक्र, दाँतीदार पहिया; high ~ उच्च दन्तुर चक्रक (जिसको गति देनेसे बाइसिकिल, मोटरकार आदिमें वेगकी अभिवृद्धि होती है); low ~ मन्दगामी दन्तुर चक्रक; ~ *down* मन्दगामी दन्तुर चक्रक संलग्न करना; ~ *up* तीव्रगामी दन्तुर चक्र लगाना; *in* ~ संलग्न, चालू; *out of* ~ असंलग्न, असम्बद्ध, बन्द, बिगड़ा हुआ।

gearing n. दाँतीदार पहियोंका क्रम; बर्तन-भाँड़ा, उपकरण, सामान।

gearless a. बिना दन्तुर चक्रका या गीअरका।

geat n. साँचेका छेद।

geck[1] n. उपहास-पात्र, घृणा-पात्र, भोला मनुष्य, सीधा आदमी; उपहासात्मक संकेत; घृणा, उपहास, हँसी।

geck[2] v.t. & i. उपहास करना, हँसी उड़ाना; घृणा करना, नाक-भौं चढ़ाना।

gecko n. (pl. ~*s*, ~*es*) आगारगोधिका, छिपकली, बिसतुइया, गेकोक।

gee[1], **gee-gee** n. (बोल०) घोड़ा।

gee[2], **gee-ho, gee-(h)up, gee-wo** intt. (घोड़ों आदिके लिए आदेशव्यंजक शब्द) घोड़ोंको चलाने या मोड़नेकी आवाजें, बढ़ो और तेजीसे, डट् डट्; (प्रायः) दाएँ मुड़ो, टिक् टिक् करके हाँको या चलाओ।

gee[3] ⊙ int. यह ! शपथपूर्वक कहने या कोई चीज छूँढ़ लेनेपर प्रयुक्त।

geese n. pl. GOOSE से।

Geez a. हबशी भाषा, इथियोपी।

geezer n. (ग्रा०) बुड्ढा, बूढ़ा, डोकरा।

Gehenna n. नरक, दोजख, जहन्नुम; सन्त्रास, उत्पीड़न और दाहनका स्थान।

geisha n. जापानी नर्तकी, गेशा।

Geissler tube n. एक बन्द-मालिका जो विद्युत् प्रवाहित होनेपर प्रज्वलित हो जाती है।

geitonogamy n. पुष्पपरागण।

gelastic a. हास-जनक, हँसी पैदा करनेवाला, हास-विषयक, हँसीका।

gelatigenous a. श्लेषामय, श्लेषाप्रद।

gelatin(e) n. (रसा०) श्लेषा, श्लिषि, स्नेह, सरेस, (रासायनिक पदार्थ जो JELLIES का आधार है और पशुओंके स्नायुरज्जु, स्नायुबन्धनों या स्नायुपट्टिका, अस्थिसन्धि, चमड़े आदिको थोड़े जलमें उबालनेसे बनता है), जिलेटिन; ~ paper जिलेटीनका कागज (जो फोटोग्राफीके काम आता है)।

gelatinate v. i. & t. श्लेषा बनना या बनाना, श्लिषि बनना या बनाना, सरेस बनना या बनाना, चटनी बनना या बनाना।

gelatination n. श्लेषण, सरेस बनना या बनाना, चटनी या मुरब्बा बनानेकी क्रिया।

gelatiniform a. जिलेटिन-सा।

gelatinify v.t. = GELATINATE.

gelatinization n. श्लिषीयण, श्लेषण, जिलेटिनीकरण।

gelatinize v.t. & i. श्लिषीयण करना, श्लिषीकृत करना, चिपचिपा करना या होना, जिलेटिन बनाना।

gelatinoid n. & a. जिलेटिनीय, जिलेटिन-सा।

gelatinous a. श्लिषीय, श्लेषी, लसदार, चिपचिपा, लसलसा, जिलेटिनवाला।

gelation n. ठण्डक द्वारा घनीकरण, ठण्डक देकर ठोस करनेका कार्य, जमाना।

geld v.t. पुंस्त्वहरण करना, क्लीव या नपुंसक बनाना, अण्डकोष निकाल देना, बद्धी करना, बधिया करना, खस्सी करना, आख्ता करना।

geldable a. पुंस्त्वहरणीय, क्लीवकरणीय, नपुंसक करने योग्य।

gelder n क्लीवक, बद्धी करनेवाला, खस्सी करनेवाला।

gelding n. बद्धी घोड़ा या कोई अन्य पशु, बधिया, खस्सी, आख्ता।

gelid a. हिम-शीतल, अत्यन्त शीतल, ठण्डा, हिमसदृश, हिमवत्, बर्फ-सा।

gelidity n. हिमशीतलता, अत्यन्त शीतलता, ठण्ड, सरदी।

gelidness n. = GELIDITY.

gelignite n. श्लिष-स्फोट, नाइट्रोजन और ग्लिसरीनसे निर्मित विस्फोटक पदार्थ।

gelotometer n. हासमान, ठहाका मापनेका यन्त्र।

gem १. n. रत्न, मणि, बहुमूल्य पत्थर, हीरा, जवाहर; उत्कीर्ण रत्न, मूल्यवान् या स्वल्प मूल्यवान् खचित मणि; किसी वस्तुका श्रेष्ठ अंश या भाग, अत्यन्त सुन्दर या महत्त्वपूर्ण वस्तु; कलिका, कली, मुकुल; २. v.t. मणियोंसे भूषित करना या सजाना।

gemel n. (~ *ring* भी) दो कड़ीका छल्ला।

geminate[1] v.t. युग्मों या जोड़ोंमें रखना या लगाना, युग्मों या जोड़ोंमें दुहराना, दुहरा करना, दुगुना करना।

geminate[2] a. (प्रा०) द्विक, युग्म, युग्मकोंमें संयोजित, जोड़ा-जोड़ा।

gemination n. युग्मीकरण, जोड़ोंमें रखना।

Gemini, g- १. n. मिथुन, युग्म; जोड़ा; मिथुन राशि; २. int. आश्चर्यव्यंजक शब्द, अरे !

gemma n. कलिका, कुड्मली, मुकुल, कली, रुहा, टूसा, कोंड़ी; (जन्तु०) निम्नपिण्डीय प्राणियोंमें कली-जैसा विकास (जो पृथक् हो जाता है और स्वतन्त्र रूपमें अभिवर्द्धित होता है); (काई आदिमें) लघुकोषीय पिण्ड (जो मातृ पौधेसे पृथक् हो जाता है और नवीन पौधेका आरम्भ करता है)।

gemmaceous a. कलिका-सम्बन्धी, मुकुलीय, कलीका।

gemmate[1] v. i. मुकुलोत्पादन द्वारा विकसित होना, टूसे निकलना, कोंड़ी निकलना।

gemmate[2] a. कलिकामय, टूसों भरा, टूससे निकला हुआ, कोंड़ीदार, कलीसे उत्पन्न।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

gemmation n. मुकुलों द्वारा उत्पादन, अतिवृद्धि और पार्थक्य द्वारा जनक पौधेमेंसे अन्य पौधेकी उत्पत्ति; कुड्मलीयन, कुड्मलकी व्यवस्था, कलीका कार्य या ढंग, मुकुल क्रम, कोंढ़ी या टूसेका ढंग।

gemmative a. कुड्मल-सम्बन्धी, मुकुल-विषयक, टूसे या कोढ़ीवाला।

gemmeous a. रत्न-सम्बन्धी, रत्न-विषयक; मणिमय, रत्नवत्, रत्न-सदृश।

gemmiferous a. मुकुलपूर्ण, मुकुलजन्मा; रत्नगर्भ, मणिप्रसू, मणिपूर्ण।

gemmiform a. मुकुलवत्, कली-जैसा; रत्नसदृश।

gemminess n. मणिमयता, मणिवत्ता, रत्न-जैसा होना, रत्नमयता।

gemmiparity n. पुनर्मुकुलन, पुनः कलियाँ खिलना।

gemmiparous a. मुकुलित, मुकुलज, टूसों भरा।

gemmology n. मणिविद्या, रत्न-विज्ञान, रत्नशास्त्र।

gemmule n. कुड्मिका, कलिका; अंकुर।

gemmuliferous a. कुड्मिकाजनक, कलिकाप्रसू।

gemmy a. मणिमय, मणिवत्, रत्न-जैसा, रत्नजटित, रत्नमय, रत्नोंसे पूर्ण।

gemot n. समाज, सभा, गोष्ठी, जमाव, मीटिंग।

gen n. विश्वस्त वृत्त, विश्वस्त वृत्तान्त, विश्वासपूर्ण समाचार।

gena n. गण्ड, गाल।

genal a. गण्डस्थलीय, गालका।

genappe[1] n. ऊनका तागा, बटा हुआ नरम ऊन, जिनैप्पी।

gendarmerie n. सशस्त्र पुलिस, सिपाही।

gender n. (व्या०) लिंग।

genderless a. लिंगरहित।

gene n. (प्राणिवि०) पित्रैक, जीन, वैशानिक इकाई; मुख्य तत्त्व या पदार्थ जिसका जीवाणु कोष युग्मयुक्त होता है और जो एक-एक मूलसे प्राप्त होते हैं।

genealogical a. वंशपरम्परागत; आनुवंशिक; ~ tree वंशवृक्ष, वंशावली, वंशानुक्रम, शजरा।

genealogist n. वंशावलीप्रणेता, वंशावली-विशारद, वंशक्रमज्ञ, वंशावली-विद्याका पण्डित।

genealogize v.t. & i. वंशक्रम बनाना; वंशानुक्रमका अन्वेषण करना।

genealogy n. वंशानुक्रम, वंशपरम्परा, वंशवृक्ष, वंशक्रम, वंशावली, पीढ़ी; वंशावलीका अनुसन्धान या अन्वेषणा; पौधों या प्राणियोंका पूर्वरूपसे विकासक्रम।

genera n. pl. GENUS से।

generable a. उत्पाद्य, उत्पन्न करने योग्य, पैदा करने लायक।

general[1] n. (pl. अब क्वचित्) सामान्य नियम, सामान्य लक्षण, सामान्य सिद्धान्त; (सेना०) फील्डमार्शलके नीचेका पद, जनरलका पद (शिष्टतापूर्वक *lieutenant-~ & major-~* भी); सेनाध्यक्ष, चम्वधिपति, सेनानी, (सेनाका अधिकारी) कर्नलके पदसे बड़ा पद, जरनैल; (उपाधियोंमें संलग्न जैसे, *post-master ~*), अध्यक्ष, प्रमुख जिसका क्षेत्र या अधिकार अनियन्त्रित हो; सेनाका कमाण्डर; the ~ (प्रा०) जनता; युद्धकुशल, रणनिपुण (*a good ~*); जेसुइटों और डोमिनिकनोंका धार्मिक मुखिया।

general[2]* a. सामान्य या साधारण*, व्यापक, बहुप्रचलित, आम; सार्वजनिक, सामुदायिक, निर्विरोध, वर्गसामान्य,(*~ word*); वर्गमुक्त, सार्वभौम, सार्वजनीन; निष्पक्ष; प्रधान, महा- (*auditor ~*); अनिर्धारित, अनिश्चित, अस्पष्ट (*spoke only in ~ terms*); सामाजिक; किसी एक विभागसे न बँधा हुआ, अविशेष या समुचित या स्थूलरूपसे संगत, व्यावहारिक दृष्टिसे पर्याप्त (*~ resemblance*); ~ confession (गिर्जेमें उपस्थित जनोंका पादरीके समक्ष) सार्वजनिक रूपसे पापस्वीकरण; ~ dealer सर्ववस्तु विक्रेता, बिसाती; ~ election महानिर्वाचन; (सामूहिक) साधारण निर्वाचन, आम चुनाव; ~ post दिनकी पहली डाक; एक प्रकारका खेल; G~ Post Office महाप्रेषालय, बड़ा डाकखाना, जेनरल पोस्ट ऑफिस; ~ practitioner प्रत्येक रोगकी चिकित्सा करनेवाला डाक्टर, आम डाक्टर; ~ public जनसाधारण; ~ reader सामान्य या साधारण पाठक; ~ servant परिचारक, सेवक, नौकर; *as a ~ rule* सामान्य नियमके रूपमें; *in a ~ way* सामान्यतया; *in ~* साधारणतः, सामान्यतः;

~ ability, ~ account, ~ acquaintance, ~ act, ~ administration, ~ agent, ~ body, ~ case, ~ character, ~ charges, ~ clauses, ~ condition, ~ control, ~ discussion, ~ features, ~ inference, ~ issue, ~ layout, ~ meeting, ~ nursing, ~ order, ~ partnership, ~ revenue, ~ rule, ~ section, ~ trend, ~ verdict, ~ will.

generalism n. सामान्य विचार, जनमत, जनताका ख्याल।

generalissimo n. दलपति, संयुक्त स्थल तथा जल और वायुसेनाका सेनाधिपति, कमाण्डर, जेनरलिसिमो।

generality n. सामान्यधर्मता, साधारणता, सामान्यता, व्यापकता; सन्दिग्धार्थता, अस्पष्टता; बहुमत, परिमाण, मुख्यरूप; साधारण वक्तव्य, सामान्य युक्ति, सिद्धान्त या विधि।

generalizable a. सामान्यानुमेय, साधारण नियमोंमें परिणत करने योग्य।

generalization n. सामान्यानुमान, सामान्यीकरण, सामान्यदर्शन, सामान्यसिद्धान्त (जो निगमन द्वारा उपलब्ध हो)।

generalize v.t. & i. सामान्यानुमान करना, सामान्य सिद्धान्त बना लेना, विशेषसे सामान्य अनुमान निकालना; सामान्य भाव प्रदान करना, साधारण नियमोंमें परिणत करना, सामान्य या जातिनाम देना; सामान्य व्यवहारमें लाना; सामान्य भावका प्रयोग करना, अस्पष्ट

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

बोलना या कहना, अस्पष्ट बनाना; सामान्य वक्तव्य या कथनको तथ्यों आदिपर आधृत करना; (चित्रकला) वर्गसामान्य या टाइपगत विशेषताओंको चित्रित करना; (गणित, दर्शन०) व्यापक करना, सामान्यीकृत रूपमें प्रस्तुत करना।

generalized a. व्यापक, व्यापकीकृत, सामान्यीकृत।

generally adv. सामान्यतः, सामान्यतया, सामान्य नियमके रूपमें; निर्विशेषतया, वैशिष्ट्यहीनतापूर्वक, सामान्य अर्थमें; अधिकांशतः, प्रायः, बहुधा, व्यापक या विशद रूपसे, विस्तृत रूपसे; ~ speaking सामान्यतः, साधारणतया।

generalship n. सेनाध्यक्षत्व, जरनैलका पद या ओहदा; कूटनीति, दक्षतापूर्ण प्रबन्ध, नीति, ढब; सैनिक दक्षता, रणकौशल, युद्धनैपुण्य।

generalty n. = GENERALITY.

generant n. उत्पादी, उत्पादक, पैदा करनेवाला।

generate v.t. अस्तित्वमें लाना, उत्पन्न करना, उपजाना, पैदा करना (प्राणियों, पौधों आदिको, प्रायः pass. में; मनोदशा, परिणाम, वस्तुकी दशा या स्थिति; घर्षण, प्रकाश, ताप, दबाव, दाब, विद्युत् आदि); (गणित) धरातल या बिन्दु या रेखा बनाना।

generating n. & a. जनन-, उत्पादक; ~ station बिजलीघर।

generation n. प्रसव, उत्पादन, जनन; वंश, सन्तति; पूर्वज, पुरखा, पीढ़ी (*have known them for three ~s*); प्राकृतिक या कृत्रिम पद्धतिसे उत्पादन, उपज; समवयस्क या समकालीन जन, एक ही युग या कालके व्यक्ति, युग, पीढ़ी, (शताब्दीका तृतीयांश या तीस वर्षका काल)।

generative a. जनक, जननशील, उत्पादक, पैदा करनेवाला, उपजाऊ; उत्पादन या जनन-सम्बन्धी; ~ cell, ~ nucleus, ~ organ, ~ system, ~ tissue.

generator n. उत्पादक, जन्मदाता, जनक; (वाष्प, विद्युत्, गैस आदिका) जनित्र, उत्पादक यन्त्र, जेनरेटर।

generatrix n. (गणित) = GENERANT.

generic a. अविशिष्ट, निर्विशेष, सामान्य, साधारण; प्रजातीय, जातिगत, वर्गीय, वर्गगत; व्यापक, पूरे समुदाय या वर्गके (किसी व्यक्तिके) लिए प्रयुक्त।

generosity n. उदारता, उदारात्मता, औदार्य, वदान्यता, महात्मता, त्याग, दानशीलता, दान-पुण्य।

generous a. उदार, उदारमना, दानशील, वदान्य, जो क्षुद्र और संकीर्ण न हो; (आहार, मदिरा, रंग) पूर्ण, ऋद्ध, समृद्ध; पुष्कल, आधिक्यपूर्ण, अतिशय, पर्याप्त; (भूमि) उर्वर, उपजाऊ।

generousness n. उदारता, दानशीलता, वदान्यता; पूर्णता, ऋद्धता, समृद्धता, पुष्कलता, आधिक्यपूर्णता, अतिशयता, पर्याप्ति; उर्वरता, उपजाऊपन।

genesic a. जन्म-सम्बन्धी, उत्पत्ति-विषयक।

genesiology n. जन्मविज्ञान, जननशास्त्र, उत्पत्ति-विद्या।

genesis n. जनन, जन्म, उत्पत्ति; प्रारम्भिक रूप, मूल, मूलरूप; इंजीलका पहला अध्याय जिसमें सृष्टिका वर्णन है, जेनिसिस।

genet n. कर्दम, कीच; गन्धमार्जार (की खाल), मुश्की बिलाव (की खाल)।

genethliac n. ज्यौतिषी, पत्रावाचक, कुण्डलीशोधक; (pl.) ज्योतिष।

genetic a. जननिक, प्रादुर्भाव-सम्बन्धी, उत्पत्ति-विषयक; जनन- (*~classification*)।

geneticist n. उत्पत्तिवैज्ञानिक, जननविज्ञानी, जनन-विद्या-वेत्ता।

genetics n. (बहु०) पैत्रागतिकी, उत्पत्ति विज्ञान, जननविद्या, उत्पत्ति-विषयक शास्त्र; अनुवंश तत्त्व।

geneva[2] n. अनाज और बेरीके योगसे तेजकी हुई शराब।

Genevan, -vese १. aa. जिनेवी, जिनेवा-सम्बन्धी, जिनेवाका; २. nn. जिनेवावासी।

genial a. प्रिय, अनुकूल, स्वास्थ्यकर, वृद्धिकारक (जलवायु, हवा आदि); वैवाहिक, विवाह-सम्बन्धी, उत्पादक, उपजाऊ (*~ bed, instinct*, क्वचित्); मिलनसार, नम्र, प्रसन्नचित्त; रुचिर, मनोहर, रमणीय, सुखप्रद, सुखद, सुखावह, हर्षकारक, मोदप्रद, आनन्दप्रद, आनन्दपूर्ण; प्रतिभा-सम्बन्धी (क्वचित्); (श० र० शा०) चिबुकीय, चिबुक या ठोड़ी सम्बन्धी।

geniality n. प्रसन्नचित्तता, आनन्दपूर्णता, मोदप्रदता, मिलनसारी, जिन्दादिली; रुचिरता, रमणीयता।

genialize v.t. प्रसन्नचित्त या जिन्दादिल होना या करना, मिलनसार बनाना।

genicular a. जानुमत्, जानु-सम्बन्धी।

geniculate, -ated, aa. (श०र०शा०) नुग्न, जानुसदृश, घुटनेकी तरह मुड़ा हुआ; ग्रन्थिल, गाँठदार, जोड़दार।

geniculation n. ग्रन्थिलता, ग्रन्थिमयता, गाँठदार होना।

genie n. प्रेत, जिन्न (अरबी कहानियोंमें वर्णित)।

genista n. कण्टकलाय, सेमाजनी गुल्म, पीले फूलोंवाली झाड़ीविशेष, जनिस्टा।

genital १. n. (pl.) जननेन्द्रिय; २. a. जनन-, जनन-सम्बन्धी (*~ organ*)।

genitival a. सम्बन्धकारक-सम्बन्धी।

genitive n. & a. ~ case *or* ~ सम्बन्धकारक।

genitor n. जनयिता, जनक, पिता, बाप; पूर्वज, पूर्वपुरुष, पुरखा।

genitrix, genetrix nn. जनयित्री, जन्मदात्री, माँ; पूर्वजा, पुरखिन।

geniture n. जनन, पैदाइश; सूत्रपात, आरम्भ; उत्पत्ति, जन्म।

genius n. (pl. *geniuses*) प्रतिभाशाली व्यक्ति; प्रज्ञा, मेधा, प्रतिभा, श्रेष्ठ बौद्धिक शक्ति, मतिप्रकर्ष, सहजात और असामान्य कल्पनाप्रवणता, रचनात्मकता, क्षमता;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

स्वभाव, प्रकृति, सहज योग्यता या निपुणता; किसी स्थान का संग या प्रसंग या प्रेरणा; आधिदैविक सत्ता, दैत्य, पिशाच; रक्षक उपदेवता, किसी स्थान या व्यक्तिका रक्षक प्रेत या जिन्न; जाति या युग आदिके प्रचलित विचार; किसी भाषा या कानून आदिका वैशिष्ट्य, पद्धति, गति मूलतत्त्व; good, evil, ~ सुदैव, दुर्दैव, दो परस्पर-विरोधी गुणवाले देवदूत या जिन्न (जो किसी व्यक्तिके मोक्ष अथवा बन्धनके लिए सचेष्ट रहते हैं)।

genocide n. (सयत्न) जाति-विनाश।

genotype n. समजाति, समज, जीन आकृति।

genre n. प्रकार, भेद; (विशे० चित्रकलाकी) शैली, ढंग।

genro n. ज्येष्ठ राजनीतिज्ञ।

gent n. सज्जन पुरुष, (GENTLEMAN का संक्षिप्तरूप); सज्जन होनेका दावा करनेवाला, बना हुआ सज्जन (हास्य०)।

genteel a. (प्रायः व्यंग्यपूर्ण) शिष्ट, अभिजात, कुलीन, आर्य, उच्चवर्गीय, उच्चवर्गोचित, उच्चवर्गसम्बन्धी, सुवस्त्र, सुवेश, सुन्दर, सुसज्जित, सजा-सजाया, बाँका, छैला, फैशनेबल।

genteelism n. परिष्कृत प्रयोग, मृदु शब्द, सद्भाषा।

genteelness n. शिष्टता, उच्चवर्गीयता, आभिजात्य, उच्चवर्गोचितता, उच्चवर्गसम्बन्धिता, सुवस्त्रता, सुवेशता, सुन्दरता, सुसज्जितता, सजा-सजाया होना, बाँकापन, छैलापन।

gentian n. किरात, चिरायता, नीले फूलवाला एक पौधा, जेंशन; ~-bitter चिरायताकी जड़से निर्मित पौष्टिक औषध।

gentile n. & a. नास्तिक, मूर्त्तिपूजक या असभ्य, गैर ईसाई; जातीयतासूचक, राष्ट्रीयता व्यंजक (शब्द), जातीय, किसी जातिका; (अमरीकी मॉर्मन सम्प्रदायमें) जो मॉर्मन-वर्गका न हो, गैरमॉर्मन, काफिर, गैरयहूदी; भद्र, आर्य, सौम्य, मृदुल।

gentiledom n. काफिर-प्रदेश, मूर्त्तिपूजक वर्ग।

gentilesse n. शिष्टता, सद्व्यवहार, सौजन्य, सज्जनता, कुलीनता।

gentilise v.t. शिष्टोंकी श्रेणीमें उठा देना, सज्जनवर्गमें मिलाना, कुलीनोंकी कोटिमें मानना।

gentilism n. मूर्त्तिपूजा।

gentilitial a. जातीय, राष्ट्रीय; अभिजात, कुलीन-वर्गीय।

gentility n. (प्रायः व्यंग्यमें) आभिजात्य, कुलीन स्वभाव, सामाजिक श्रेष्ठता, सद्व्यवहार; अभिजन, शिष्ट या भद्र जन या महिलाकी मर्यादा, (अधुना क्वचित्); shabby ~ अभिजातमन्यता, आभिजात्य-आडम्बर, अमीराना ठाठ बनाये रखनेकी कोशिश।

gentle १. n. (pl. ग्राम्य) भद्रजन, भले लोग, बड़े लोग; मक्षिजातक या मक्खीका बच्चा जो मछलीके शिकारमें चारेका काम देता है (a. *soft* मृदुलके प्रा० अर्थमें); २. v.t. घोड़ेको दृढ़तापूर्वक परन्तु नर्मीसे चलाना, घोड़ा फेरना; ३. a. (प्रा०) सभ्य, शिष्ट, वदान्य, उदार, भलेमानस (अब भी लेखकों द्वारा सविनोद प्रयुक्त ~ *reader* में); उच्चकुलोत्पन्न, सुजात, कुलीन; (जन्म, रक्त, वंश, व्यवसाय आदि) सम्मान्य, भद्रजनोचित, सम्मानपूर्ण, कुलीनोंका-सा; अनुशासित, शास्य, पालतू; (ओषधि) क्रमशः या धीरे-धीरे प्रभाव डालनेवाली, हलकी; मन्द, धीमी, हलकी (हवा); (नियम आदि) सरल; सदय, नम्र, कोमल, कृपालु; सह्य, क्रमिक, स्वल्प, थोड़ा (*a* ~ *slope*) हलका (*a* ~ *heat*); (प्रा०) शस्त्रधारणका अधिकारी, जिसे हथियार बाँधनेका अधिकार हो (अब केवल ~ *and simple* में और समासोंमें जैसे, ~ *folk*); the ~ craft बंसीसे मछलीका शिकार करनेका कार्य; the ~ sex नारी, स्त्री;

~-born, ~-bred, ~-breeze, ~-browed, ~-eyed, ~-handed, ~-hearted, ~ looking, ~-mannered, ~-minded, ~-mouthed, ~-natured, ~-spoken.

gentlehood n. शिष्टता, कुलीनता, कुलीनकी मर्यादा या विशेषता।

gentleman n. सज्जन, भद्रजन, सम्मानित व्यक्ति, शिष्ट व्यक्ति, महानुभाव, भद्र पुरुष, धनी, भलामानुस, रईस; सुजात व्यक्ति, सद्विचारपूर्ण व्यक्ति (*the* ~*'s psalm*); उच्चकुलोत्पन्न व्यक्ति जो किसी राजा या सरदारकी गृह-सेवामें नियुक्त हो (~ *in waiting* आदि); वह व्यक्ति जिसकी गणना अमीरों या कुलीनोंमें तो न हो पर जिसे शस्त्रधारणका अधिकार हो (मुख्यतः प्रा०); व्यवसायी (शिष्टतापूर्ण), (बहु०, भाषणमें) पुरुष, श्रोता, श्रीमान्; (pl., sing. n. के रूपमें) पुरुषोंका सार्वजनिक शौचालय; ~-at-arms राजकीय अंगरक्षक; ~ commoner आक्सफोर्ड और कैम्ब्रिजका सुविधाप्राप्त विद्यार्थी; ~'s agreement प्रतिष्ठाके आधारपर किया हुआ समझौता (जिसका कानूनी उपयोग न हो); ~'s ~ सरदार या सामन्तका परिचारक, सेवक; ~ usher दौवारिक, सरदार या सामन्तका सेवक, पेशकार, ड्योढ़ीदार; old ~ शैतान।

gentlemanhood, -ship nn. शिष्टता, धनाढ्यता, कुलीनता; रईसी, सरदारी।

gentlemanlike a. शिष्ट, सभ्य, विनीत, भद्रव्यक्ति-सदृश, शिष्टजनोचित, उच्चजनोचित।

gentlemanliness n. आभिजात्य, शिष्टता, कुलीनता, सज्जनता, शिष्टता, सभ्यता; रईसी।

gentlemanly a. भद्रजनोचित; भद्रजनोचित व्यवहार करनेवाला, भद्रव्यक्तिसदृश, सौम्य, भद्र।

gentleness n. अनाविष्टता, क्रमिकता, कोमलता, मन्दता, मुलायमियत; नम्रता, सदयता, विनीतता, नरमी।

gentlewoman n. अभिजात महिला, सन्नारी, कुलीन महिला।

gentlewomanhood n. सन्नारीत्व।

gentlewomanliness n. कुलीन या अभिजात महिलाओंकी प्रकृति, आभिजात्य, नारीशिष्टता।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

gently adv. कोमलतापूर्वक, सदयतासे, नरमीसे; शान्तिपूर्वक, नम्रतासे, धीरे-धीरे, आहिस्ते; भद्रपुरुषों या भद्र महिलाओंके सदृश; ~ born सत्कुलजात, सुजात, कुलीन, अच्छे घरानेका।

gentrice n. (प्रा०) अभिजातता, आभिजात्य, कुलीनता, उच्चकुलका होना।

gentry n. (व्यं०) महानुभाव, पुरुषवर्ग, भद्रपुरुष; अमीरों या सामन्तोंके नीचेका वर्ग।

genual a. जानु-सम्बन्धी।

genuflect v. i. घुटनोंके बल खड़ा होना, घुटने टेकना।

genuflector n. जानुक्षेपी या घुटनोंके बल खड़ा होनेवाला।

genuflectory a. जानुनति-सम्बन्धी।

genuflexion n. जानुनति, उपासनाके लिए घुटना टेकनेका काम।

genuine a. प्रमाणयुक्त, प्रामाणिक, यथार्थ (~ *demand*), निर्मल, अकपट, अकृत्रिम, सच्चा, बेबनावट; मौलिक, प्रसिद्ध स्रोत या लेखकसे समुद्धृत या निकली हुई; विशुद्ध, शुद्ध जन्मका, खरा, असली।

genuineness n. मौलिकता, विशुद्धता, अकपटता, प्रामाणिकता, सच्चापन, खरापन।

genus n. (pl. *genera*) (जन्तु०, वन०) श्रेणी, वर्ग, जाति, वृन्द, गण; (तर्क०) प्रजाति; (शिथिलतापूर्वक) क्रम, प्रकार, भेद।

geocentric a. भूकेन्द्रीय, भौकेन्द्रिक, भौकेन्द्रिकता-व्यंजक, भौकेन्द्रिकतायुक्त।

geocentricism n. भूकेन्द्रवाद, भौकेन्द्रिकवाद (यह सिद्धान्त कि पृथिवी केन्द्रमें है)।

geocyclic a. भूचक्रीय।

geode n. गुहाग्रन्थि, धराकृति, पत्थरमें वह गड्ढा जिसमें स्फटिक या अन्य खनिजपदार्थकी तह या रेखा चढ़ी हो।

geodesic, geodetic aa. भूमापन-सम्बन्धी; ~ line धरातलपर दो बिन्दुओंके बीचकी सबसे छोटी रेखा।

geodesist n. ज्यामितज्ञ, भूमापनविज्ञ।

geodesy n. ज्यामिति,भूमापन,पृथ्वीको नापनेकी विद्या।

geodetical a. ज्यामितीय, भूमापन-सम्बन्धी।

geodic a. धराकार।

geodynamic a. भूगतिक।

geognostic, -al aa. भूगर्भविद्या-सम्बन्धी।

geognosy n. रचनाभौमिकी, किसी मण्डलकी भूगर्भ-विद्या; शिलाविशेषकी खनिजविशेषता, वर्ग और विभाजनकी विद्या।

geogonic a. भूगठन-शास्त्रीय, भूरचनाशास्त्र-विषयक।

geogony n. (*geogeny* भी) भूगठनशास्त्र, भूरचना-शास्त्र, भूनिर्माण-शास्त्र।

geographer n. भौगोलिक, भूगोलविद्, भूगोलशास्त्री।

geographic, -ical aa. भौगोलिक; ~ latitude अक्षांश; ~al mile विषुवत् रेखापर १० देशान्तर या लगभग २००० गज।

geography n. भूपरिचय, भूवृत्तान्त, भूविवरण, भूगोल; भूगोलशास्त्र, भूगोलका ग्रन्थ या विषय।

geolatry n. भू-पूजन, पृथ्वी-पूजन, भू-उपासना।

geologic, -al aa. भौवृत्तीय, भौमिकीय, भूतत्त्वीय, भूगर्भीय, भूगर्भ-सम्बन्धी।

geologist n. भूतत्त्वज्ञ, भौमिकीविज्ञ, भूगर्भविद्, भूगर्भशास्त्री।

geologize v.t. & i. भौमिकीयन करना, भूमि-का भू-गर्भीय दृष्टिसे परीक्षण करनेमें समय लगाना; उक्त शास्त्रीय ढंगसे स्थान-परीक्षण करना।

geology n. भौमिकी, भूतत्त्व, भूवृत्त, भूविद्या, भू-गर्भशास्त्र; मण्डलकी भूगर्भशास्त्रीय प्रकृति।

geomancer n. भूशकुन-ज्ञानी, भड्डरी।

geomancy n. भूशकुन विद्या।

geomantic a. भूशकुन-सम्बन्धी।

geometer n. भूमितिवेत्ता, रेखागणितज्ञ; डिम्भकीट जो आगे चलकर तितली बन जाता है, झुनगा, फतिंगा, कीड़ा-मकोड़ा।

geometric, -ical aa. रैखिकीय, रेखागणितीय, रेखागणित-सम्बन्धी, रेखागणितकी; गुणोत्तर; ~al progression ज्यामितीय गुणोत्तर श्रेणी जैसे १ : ३ : ९ : २७ : ८१;

~ drawing, ~ figure, ~ model, ~ pen, ~ series, ~ spider, ~ staircase, ~ units.

geometrician n. रैखिकीविद्, भूमितिज्ञ, ज्यामितिज्ञ।

geometrize v.t. & i. ज्यामितीय पद्धतिसे कार्य करना या आकृति बनाना।

geometry n. रैखिकी; ज्यामिति, भूमिति, रेखागणित।

geomorphology n. भू-पटल-रचना, पृथ्वीके धरातलका आकार-प्रकार।

geophagist n. मृद्भक्षी, वह व्यक्ति जिसे मिट्टी खानेकी लत हो।

geophagous a. मृद्भक्षी, मिट्टी खानेवाला।

geophagy n. मृद्भक्षण, मृदशन, मिट्टी खानेका कार्य।

geophilic a. भूमिके अन्दर पकनेवाला, पृथ्वीके ऊपर या नीचे रहनेवाला।

geophilous a. भूमिके अन्दर फल पकानेवाला; अधो-भूमिज, पृथ्वीके ऊपर या नीचे रहनेवाला; छोटे तनेवाला।

geophysical a. भूभौतिकीय, भूभौतिक, भूभौतिकी-विषयक।

geophysics n. भूभौतिकी, भूभौतिकशास्त्र।

geopolar a. भूध्रुवीय।

geopolitics n. भूराजनीति, भौगोलिक राजनीति।

geoponic a. कृषीय, कृषि-विषयक, कृषि-सम्बन्धी।

geoponics n. कृषिशास्त्र, कृषि-विज्ञान।

George n. Garter प्रतीकके अन्तर्गत सम्मिलित एक जवाहर या मणि, ऑर्डर ऑव गार्टरका प्रतीक, सेण्ट जार्जकी गणिमय मूर्ति; इंग्लैण्डका संरक्षक सन्त; वायुयानका चालक यन्त्र (प्रा०); by ~ जॉर्जकी शपथ (आश्चर्यमें); ~ Cross, Medal १९४० में संस्थापित

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

वीरताका पदक, क्रॉस; Saint ~'s cross बीचोबीच एक दूसरेको काटती हुई लाल पट्टीवाला पदक, क्रॉस या सलीबकी आकृति विशेष ।

georgette n. एक प्रकारका बारीक रेशमी कपड़ा, जॉर्जेट ।

Georgian a. इंग्लैण्डके प्रथम चार जॉर्जोंके कालसे सम्बन्धित ।

geosphere n. स्थल-मण्डल; भूखण्ड ।

geostatics n. भूस्थिति-शास्त्र, भूस्थैतिकी ।

geostrophic a. भूव्याकोची ।

geotectonic a. भूव्यावर्ती, भूरचना-सम्बन्धी ।

geothermic a. भूतापी ।

geotropic a. भूमध्यानुवर्ती ।

geotropism n. भून्यावर्तना, भूमध्यानुवर्तित्व; गुरुत्वाकर्षण संयोगसे पौधोंका विकास ।

Geranium n. कषायमूल, चंगोरी, सुन्दर फूलवाला पौधा जिसमें सारसकी चोंचसे फल आते हैं, जिरेनियम; जिरेनियमका-सा लाल रंग ।

geratology n. ह्रासविद्या, अपक्षयविज्ञान ।

gerbil n. रेगिस्तानी चूहा ।

gerent n. शासक, नियामक, नियन्त्रक; प्रबन्धक, व्यवस्थापक, कर्ताधर्ता ।

gerfalcon n. उत्तरी देशोंका बड़ा बाज ।

geriatric a. जरा-सम्बन्धी, वृद्धावस्था तथा उसके रोगोंके औषध-विज्ञानसे सम्बन्धित ।

geriatrician n. जराका पारंगत चिकित्सक ।

geriatrics n. pl. जराव्याधिकी, वृद्धावस्था तथा उसके रोगोंसे सम्बन्धित औषध-विज्ञानकी शाखा ।

geriatrist n. जराचिकित्सक, वृद्धावस्थाके रोगोंका विशेषज्ञ ।

geriatry n. वृद्धावस्थाका रोग ।

germ १. n. जीव या पौधेका मूल तत्त्व, अंकुर, बीज; कीट, कीटाणु, जीवाणु, सूक्ष्म जन्तु; (ला०) मूलसिद्धान्त, स्रोत, उद्गम, मूलदशा; २. v. i. अंकुरित होना, उगना (केवल ला०); ~ cell जनन कोशिका; *in* ~ अविकसित;

~ band, ~ gland, ~ hillock, ~ layer, ~ nucleus, ~ plant, ~ pore, ~ theory, ~ track, ~ tube, ~ warfare.

German[1] १. n. जर्मनीका निवासी, जर्मनीकी भाषा, जर्मन; २. a. जर्मनीका निवासी, जर्मनीकी भाषा सम्बन्धी; ~ measles खुजलीका रोग, खसरा; ~ Ocean उत्तरी-सागर; ~ sausage एक प्रकारकी मांसमिश्रित चटनी, जर्मन सॉस; ~ silver, निकल, जस्ते और ताँबेकी मिलावट, जर्मन सिलवर; ~ text प्राचीन टाइपके अँग्रेजी अक्षर (जो जर्मन अक्षरोंसे मिलते-जुलते हैं); High ~ दक्षिणी जर्मनीकी भाषा जो अब पूरे जर्मनीकी साहित्यिक भाषा है; Low ~ जर्मनीकी बोलियाँ जो हाई जर्मन नहीं हैं, पश्चिमी जर्मनीके सभी रूप जिसमें इंगलिश और डच भी सम्मिलित हैं;

~ band, ~ black, ~ camomile, ~ orange, ~ process, ~ tamarisk, ~ verdigris.

german[2] a. सहोदर, सोदर, सगा, निकटका सम्बन्धी (*cousins* ~) ।

germander n. पौधेका भेद (विशे० ~ *speedwell*) ।

germane a. सम्पृक्त, प्रसंगोपान्त, संगत, सम्बद्ध, सम्बन्धित ।

Germanic a. जर्मन, जर्मनीका; g~ (रसा०) सिकतिक ।

Germanism n. जर्मनवाद, जर्मन रीति, जर्मन शैली, जर्मन मुहावरा ।

Germanity n. जर्मनोंके विशिष्ट गुण ।

Germanization n. जर्मनीकरण, जर्मन बनाना या बनना ।

Germanize v.t. & i. जर्मनीकृत करना, जर्मन बनना या बनाना, जर्मन मुहावरेमें बदलना ।

Germanomania n. जर्मनप्रेम, जर्मनासक्ति, जर्मन-परायणता, जर्मनी देश या उसकी वस्तुओंका चाव ।

Germanophile a. जर्मनप्रेमी ।

Germanophobia n. जर्मन-भीति, जर्मन-भय ।

germen n. अण्डाशय, पुष्पयोनि ।

germicidal a. कीटाणुनाशक, कृमिघ्न ।

germicide n. & a. जीवाणुघ्न, रोगाणुमार, जीवाणुनाशी, कीटाणुघाती, कृमिनाशक (पदार्थ) ।

germifuge a. (औषध) कीटवर्जी, कीड़े निकालनेवाली ।

germinal a. भ्रूणीय, विकासकी प्रारम्भिक दशामें स्थित; रोहि-, बीज-, कीटाणु-सम्बन्धी; कृमि-सम्बन्धी ।

germinant a. (प्रायः ला०) उपजानेवाला, उगनेवाला; जीवाणुयुक्त ।

germinate v.t. & i. अभिवर्द्धित करना, अंकुरित करना, उगाना, उपजाना, उत्पन्न करना, पैदा करना; अंकुरित होना, उद्भिन्न होना, उपजना, उगना, निकलना, फूटना (शा० और ला०) ।

germinating a. रोही, उद्भेदी, उगाऊ (~ *seed*) ।

germination n. जनन, अंकुरण, स्फुटन, उद्भव, उद्भेद;

~ capacity, ~ energy, ~ factor, ~ percentage, ~ temperature, ~ test.

germinative a. रोही, उद्भेदनशील, उगानेवाला ।

germinator n. उद्भेदक, उत्पन्न करनेवाला, उपजानेवाला, उगानेवाला ।

germplasm n. जनन-द्रव्य, पित्र्य-द्रव्य, रज ।

gernule n. जीवाणुक, कीटाणुक, छोटा कीड़ा ।

gerontocracy n. स्थविर-तन्त्र, वृद्ध-तन्त्र, वृद्ध-शासन, बूढ़े आदमियोंका राज ।

gerontology n. वृद्ध-रोग-विज्ञान, वृद्धावस्था तथा रोगोंका वैज्ञानिक अध्ययन ।

gerrymander, jery- १. n. निर्वाचनमें किसी दलके लाभार्थ अनुचित राजनीतिक प्रभाव डालनेका कार्य; २. v.t. अनुचित राजनीतिक प्रभाव डालकर निर्वाचनमें किसी वर्ग या दलको लाभ पहुँचाना ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

gerrymanderer n. राजनीतिक निर्वाचनमें लाभके लिए अनुचित प्रभाव डालनेवाला व्यक्ति।

gerund n. क्रियावाचक संज्ञा, संज्ञार्थक क्रिया, अंग्रेजी क्रियामें -ing जोड़कर बनायी हुई संज्ञा (*his doing this is doubtful*); *~-grinder* लैटिन भाषाका अध्यापक।

gerundial, -ival aa. क्रियावाचक संज्ञा-सम्बन्धी।

gerundive n. & a. क्रियावाचक संज्ञा-सा, क्रियावाचक संज्ञाका; gerund से बना हुआ क्रियात्मक विशेषण जिसमें *that should be done* आदिके भाव हों।

gesso n. एक प्रकारका प्लास्टर जो चित्रकला और मूर्तिकलामें प्रयुक्त होता है, जेसो।

gest[1], **geste** nn. वीरगाथा, साहसिक कार्योंकी कथा; वीरकार्य, साहसिक कार्य।

gest[2], **geste** nn. अंग-विक्षेप, संकेत, इंगित, इशारा; व्यवहार, आचरण, सलूक।

gestation n. गर्भावधि, गर्भधारण, गर्भवहन, गर्भधारण-काल, गर्भावस्था।

gestatorial a. वाह्य, वहनीय, ले जाने योग्य।

gestatory a. गर्भवहन-विषयक, गर्भधारण-सम्बन्धी।

gestic a. व्यावहारिक, व्यवहारात्मक, आचरणीय; अंगविक्षेपात्मक, संकेत-सम्बन्धी।

gesticulate v.t. & i. इंगित करना, शारीरिक चेष्टाओं या अंगचालन द्वारा आशय व्यक्त करना, अभिनय करना, हाव-भाव व्यक्त करना।

gesticulation n. अंगविक्षेप, अंगहार, इंगित, शरीर-चेष्टा, हाव, आशयव्यंजक अंगचालन।

gesticulative a. सांकेतिक, संकेतसूचक, हावपूर्ण।

gesticulator n. अंगविक्षेपक।

gesticulatory a. सांकेतिक, संकेतसूचक, हावपूर्ण।

gestural a. अंग-विक्षेप-विषयक, अंगहार-सम्बन्धी, चेष्टा-सम्बन्धी, सांकेतिक, मुद्रा-विषयक।

gesture n. & v.t. & i. अंगविक्षेप, अंगहार, चेष्टा, इंगित, सैन, इशारा; संकेत, अंगभंगिमा, भावभंगी, हाव, भावव्यंजनाके लिए या भाषणमें प्रभावके लिए अंगविक्षेप या अंगचालनका प्रयोग।

get[1] n. बच्चा देना, बच्चे, झोल, बियान, ब्यान (जानवरोंका)।

get[2]* v.t. & i. (परिवर्ति०) उपलब्ध करना; प्राप्त करना, पाना*, अर्जन करना, कमाना (*cannot ~ a living*); जीतना (*~ the upper hand*); लाभ उठाना, लाभ करना (*got little by it*); ग्रहण करना, लेना; संकलन या योगफलरूपमें प्राप्त होना (*we ~ 9.5 as the average*); पा जाना, पा लेना (कोई वांछित वस्तु); आदान करना, पारिश्रमिक या उपहार आदिके रूपमें प्राप्त करना; हाथ आना, हाथ लगना; मिलना; होना, पड़ना; महिमान्वित होना आदि (*~ fame*); निर्माण करना, बनाना⊙; साख जमना या होना; प्रसिद्ध होना; परिणामपर आना, (प्रार्थना, माँग, जाँच आदिसे) निकालना (*could not ~ leave*); समाहार करना, संक्षिप्त करना, समेटना; लगा लेना (*~ measles*); इकट्ठा करना, समेटना, बटोरना; रखनेमें सफल होना, लाना, लानेमें सफल होना (*got it over* या *across*); बनाना, कराना (*~ them ready*); व्यवस्था करना, प्रबन्ध करना, जुगाड़ करना, जुटाना (*we can ~ it for you*); (अब प्रायः केवल जानवरोंके विषयमें) ब्याना; सहना, (लाठी आदि) खाना, भुगतना, बरदाश्त करना; (बोल० perf. में) पासमें होना, रखना (*have not got a penny*); पकड़ना, फाँसना (मछली आदि); (बोल०) पाना, जीमना, (भोजन आदि) (बोल०) समझना (व्यक्ति या वस्तुको); प्रोत्साहित करना, उत्तेजित करना, प्रेरित करना, उद्यत करना, तैयार करना, दबाव डालना, उकसाना, उभाड़ना, खड़ा करना; २. int. (ग्रा०) ऋणमुक्त होना, चुकाना; होना, हो जाना (*~ married*); आने या जानेमें सफल होना; करने लगना (*they got talking*); (*infin.* सहित) प्रकृति या आदत होना (*one soon ~s to like it*); *~ about* एक जगहसे दूसरी जगह जाना, आना-जाना, चलना-फिरना, बीमारीके बाद टहलना; (अफवाहका) फैलना; *~ across* or *over* (ग्रा०) प्रभावशाली होना, श्रोताओंतक पहुँचना; *~ ahead* अग्रसर होना, बढ़ना; *~ along* प्रबन्ध करना, मिल-जुलकर या मेलजोलसे रहना, जैसे-तैसे चलाना, सफल होना, आगे बढ़ना, निभना या निभाना; *~ along with you* ! (बोल०) दूर हो, मूर्ख, परे हट; *~ a move on* (ग्रा०) प्रस्थित होना, चलचलाव करना; *~ at* पहुँचना (~-at-able a.); पूछकर निश्चय करना, मालूम करना, पकड़ना, कब्जा करना, (ग्रा०) बनाना, छेड़ना, घूस लेना, लाँच लेना, (ग्रा०) प्रहार करना, आक्रमण करना (*who are you ~ting at*); *~ away* ⊙प्रस्थान करना, भागना, (आज्ञार्थक) दूर हो; *~ away with it* निर्विघ्न कार्य करना, कार्यमें सफल होना, प्रतिशोधसे बच निकलना, भाग जाना; *~ back*⊙ खोई हुई वस्तु पाना, घर लौट आना; *~ back* हट जाना, रह जाना; *~ back* one's or *some of* one's *own* (ग्रा०) प्रतिशोध या बदला लेना; *~ (the) better of* हावी होना; *~ beyond* अतिक्रमण करना; *~ clear of* मुक्त होना, छूटना; *~ down* उतरना; *~* one's *hand in* किसी कार्यमें घनिष्ठ सहयोगी बनना; *~ in* गाड़ीमें बैठना या पैठना; प्रहार करनेमें सफल होना; काम आदि नियत समयमें कर देना; फसल काटकर घर लाना, लहना लेना; उगाहना; संसद या पार्लामेण्टका सदस्य चुना जाना; *~ in* प्रवेश करना; *~ in to* (बोल०) पहनना (कपड़े, बूट), चढ़ जाना (नशा); *~ it* मार खाना, मरम्मत होना, डाँटा जाना; *~ it into* one's *head* विचार द्वारा सन्तुष्ट होना, किसी बातसे कायल होना; *~ knowledge* or *wind of* ज्ञान प्राप्त करना, अफवाह सुनना; *~ off* (घोड़े

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

आदिसे) उतरना; पीछा छुड़ाना, छुटकारा पाना, हट जाना, न ठहरना (घास आदि परसे); ~ *off* किंचित दण्डसे ही छूट जाना, सस्ते छूट जाना, निकल भागना, छुट्टी या रिहाई हो जाना; प्रस्थान करना, भाग जाना, रवाना होना; सो जाना; ~ *off with* प्रेमासक्त होना, सखी-सखा होना; ~ *on* चढ़ना, सवारी करना (घोड़े आदिपर); भाषण करनेके लिए खड़ा होना; ~ *on* ⊙ अधिकृत करना, अधिकार करना, कब्जा पाना; ~ *on* पहुँचना, नगिचाना (अवस्था आदि *be ~ting on for*); जैसे-तैसे प्रबन्ध करना या चलाना, काम चलाना, सहमत होना, मिलकर या मेलजोलसे रहना, सुखी होना, निभाना; उन्नति करना (~ *on* or ~ *out* काम करना या जाना), आगे बढ़ना; वस्त्र धारण करना, रखना (कदम); ~ *on to* ⊙ समझ लेनेमें सफल हो जाना; ~ *out* (*imperat.*) दूर हो, मूर्ख; प्रकाशित करना, वर्णन करना, मालूम कर लेना, प्रकट हो जाना, खुल जाना; ~ *out of* निकलना या भाग जाना; (*got out of bed on wrong side*) रोषपूर्ण है, उनका मिजाज खराब है; ~ *out of hand* नियन्त्रणसे बाहर होना, काम आदि पूरा करना या होना, धीरे-धीरे आदत छोड़ना, कामसे बचना, प्राप्त करना या निकालना (सूचना या खबर), उपलब्ध करना (रुपया) (किसी व्यक्तिसे); ~ *out of sight*, one's *depth* आँखसे ओझल हो जाना, इतने गहरे पानीमें होना कि खड़ा न रहा जा सके; ~ *over* पूर्ण करना, समाप्त करना (कठिन कार्यको); (तर्क०, गवाहीको) अप्रामाणिक सिद्ध करना, जीत लेना (कठिनाइयोंको), (आ०) फाँसना, चरका देना; पूरा करना, तय करना (दूरी, काम आदि), दूर होना (आश्चर्य, बीमारी आदि); ~ *religion* धर्मपरिवर्तन करना; ~ *rid of* पीछा छुड़ाना, छुटकारा पाना; ~ *round* (मीठी बातोंसे) तैयार कर लेना, राजी कर लेना, बच निकलना, टाल देना; ~*s there* ⊙ सफल होना है; ~ *the gate* ⊙ दरवाजेके बाहर निकाल दिया जाना, ~ *the wind up* (आ०) भयकातर होना; भयभीत होना; ~ *through* पहुँचना, पहुँचाना (अन्तिम सीमा तक), (विधेयक) स्वीकृत हो जाना, पारित हो जाना, कालक्षेप करना, कालयापन करना; ~ *through* परीक्षामें उत्तीर्ण होना, सफल होना, निकल जाना, गन्तव्य या मंजिलपर पहुँचना या लाना; ~ *through with* कर डालना, बरदाश्त करले जाना; ~ *to* आरम्भ करना, शुरू करना (उद्योग, व्यापार आदि); ~ *together* ⊙ एकत्र करना, इकट्ठा करना; ~ *under* जोर कम कर देना (आगका); ~ *under way* (नौवि०) चल पड़ना; ~ *up* उठना, जाना; सवारी करना; परीक्षाके विषयोंको तैयार करना; उत्पन्न करना, पैदा करना; (क्रिकेटकी गेंदका) टप्पा या गद्दा खाकर उछलना, संघटन करना; पैरोंपर खड़ा होना; कपड़ेपर इस्तरी आदि करना; सँवारना, सजाना (बाल, शरीर, नेपथ्य, छपाई और किताबकी जिल्दबन्दी); उपहार देने योग्य बनाना; (आग, हवा, समुद्रका) भीषण होना, उग्र होना; (खेलका) जमना; भड़काना (*I got my back up* मैं स्वयं रुष्ट हुआ); अभिनय करना, बनावटी भाव प्रकट करना या दिखाना; ~ (person) *upon a subject* किसी व्यक्तिको प्रस्तुत प्रसंगकी वार्तापर लाना; ~ *wind* प्रसिद्ध हो जाना, फैल जाना; ~ *wise to* ⊙ (से) परिचित होना; ~ *with child* गर्भवती होना; *where has it got to* उसका क्या हुआ ?

getable a. प्राप्य, ग्रहणीय, प्रापणीय ।

getaway n. पलायन (*make* one's ~) ।

getter n. प्रापक व्यक्ति, ग्रहीता, पानेवाला ।

getting n. प्रापण, लब्धि, ग्रहण, पाना ।

Geum n. भद्रशाक, नान्दीवर्ग, गुलाब-जैसा एक पौधा, जीयम, एवेंस ।

gewgaw n. तुच्छ वस्तु; जगमगाते आभूषण, भड़कीले खिलौने ।

geyser n. उष्णोत्स, गर्म पानीका सोता या चश्मा, गेज़र; पानी गरमानेका एक विशेष चूल्हा, हमाम ।

gharry n. गाड़ी ।

ghastliness n. विवर्णता, पीलापन; भयानकता, विकटता, डरावनापन ।

ghastly a. उत्कम्पक, भीषण, कराल, भयावह, भयंकर, भैरव, भयानक, पैशाचिक, प्रेत रूप, डरावना; विवर्ण, निष्प्रभ, म्लान, मृतवत्, पीत; (बोल०) आक्षेप योग्य; (मुसकान आदि) हठात् आकृष्ट, व्यथापूर्ण; (adv. मुख्यतः a. के साथ जैसे ~ pale) ।

gha(u)t n. द्रोणी, घाटी, दर्रा; नदीतट, तीर, घाट, किनारा; burning-~ श्मशान घाट; Eastern G~s पूर्वीघाट; Western G~s सह्याद्रि, महेन्द्र पर्वत, पश्चिमी घाट ।

ghee n. घृत, घी ।

gherkin n. कण्टकर्कटी, छोटी ककड़ी, खीरा ।

ghetto n. यहूदियोंका मुहल्ला या यहूदी टोला, गेटो ।

Ghibelline १. n. राजवादी, सम्राट्के पक्षका व्यक्ति; २. a. राजवादी, सम्राट्-पक्षीय ।

Ghibellinism n. राजवाद, सम्राट्का पक्षग्रहण ।

ghost १. n. प्रेत, भूत; प्रतिच्छाया, छायामय रूपरेखा या सादृश्य; क्षीण व्यक्ति, दुबला-पतला आदमी; प्रेतलोकमें मृत व्यक्तियोंकी आत्मा; ईश्वरकी आत्मा; जीवनका सिद्धान्त; गूढ़ लेखक, भूत लेखक, वह कलाकार या लेखक जो पैसोंके बदले दूसरोंके नामके लिए रचना करे; (प्रकाश०) छाया उपबिम्ब या धब्बा जो दूरदर्शक-यन्त्रके क्षेत्रमें शीशेकी खराबीसे दिखायी देता है; २.v.t. & i. प्रेत या भूत-बाधा होना, भूत लगना (क्वचित्); भूतलेखकके रूपमें काम करना; ~-word कूट शब्द; *give up the* ~ दिवंगत होना, मर जाना; *not the* ~ *of a chance* बिलकुल आशा नहीं; *raise, lay* ~ प्रेत या भूत बुलाना या दूर करना ।

ghosthood n. प्रेतत्व, भूतपन ।

ghostlike a. प्रेत तुल्य, भूत-सा ।

ghostliness n. पारमार्थिकता, प्रेतत्व; भूतपन ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

ghostly a. (प्रा०) पारमार्थिक, आत्मिक, धार्मिक; भूत-प्रेत-सम्बन्धी, भूतका-सा; ~ comfort, counsel आत्मिक धैर्य या परामर्श जो पादरी द्वारा दिया जाता है; ~ father, adviser, director वह पादरी जिसके समकक्ष पाप-स्वीकृतिकी जाय; *our ~ enemy* शैतान।

ghoul n. पूर्वी कहानियोंमें शवभोजी प्रेत, पिशाच, गाउल।

ghoulish a. पिशाचवत्, गाउलका-सा।

ghyll n. गहरी दरार, कन्दरा, दर्रा, खड्ड।

giant १. n. असामान्य या असाधारण शक्ति, योग्यता, धृति आदि गुणोंसे सम्पन्न व्यक्ति; असाधारण पुरुष; दीर्घकाय व्यक्ति, पशु या पौधा; वृहत्काय पुरुष, भीमकाय व्यक्ति, राक्षस, दैत्य, दानव, यूरेनस (आकाश) और जीओ (पृथ्वी) के पुत्रोंमेंसे एक या टारटरस (दितिपुत्र) जिसने देवोंसे युद्ध किया, जायण्ट; २. a. महान्, असाधारण आकार या शक्तिसे युक्त, भीमकाय, अतिकाय, दीर्घकाय, विशालकाय, दैत्याकार (प्रायः पौधोंके नामोंमें); ~('s)-stride बड़े-बड़े डग भरनेवाला यन्त्रविशेष;
~ cell, ~ climber, ~ fibre, ~ heron, ~ puffball, ~ reed, ~ whale.

giantess n. राक्षसी, दैत्या, विकटाकार स्त्री।

giantism n. महाकायता, राक्षसपन।

giantlike a. दीर्घकाय, महाकाय, विकटाकार, दैत्याकार।

giantship n. असामान्यता, असाधारणता; दीर्घकायता, भीमकायत्व।

gib[1] n. धारिपट्ट, ब्रेनका हत्था।

gib[2] n. (~-*cat* भी) बिडाल, बिल्ला, (विशे०) खस्सी बिल्ला।

gibber १. n. प्रलाप, बड़-बड़, लष्टम-पष्टम, गपड़-सपड़, अनाप-शनाप; २. v. i. बन्दरकी तरह किलकिलाना, बड़-बड़ाना, गिलबिलाना, जल्दी-जल्दी बात करना जो समझमें न आये।

gibberish १. n. अण्ड-बण्ड, अनाप-शनाप, अबोधगम्य वार्ता, त्रुटिपूर्ण बात, निरर्थक ध्वनि, समझसे बाहरकी भाषा या बातचीत, बड़बड़; २. a. अनर्थक।

gibbet १. n. (मूल०) फाँसी, फाँसी द्वारा मृत्यु; (परवर्ती) मृत्युदण्डके बाद अपराधीके शवको लटकानेका लट्ठा, फाँसी, टिकठी; २. v.t. फाँसीपर लटकाना; फाँसी द्वारा मृत्युदण्ड देना; कुत्सा या निन्दा करना।

gibble-gabble n. व्यर्थकी बात, उल्टा-सीधा, अनाप-शनाप, बकवास।

gibbon n. शाखा-मृग, लंगूर, लम्बे हाथोंवाला एक बन्दर, गिबन।

gibbose a. ककुन्मय, वक्र, कूबड़दार, कुबड़ा, डीलदार।

gibbosity n. उन्नतोदरत्व, उभार, कूबड़।

gibbous a. उन्नतोदर, उभारदार, उभरा हुआ; (चन्द्र या ग्रहोंके विषयमें) अर्धाधिक, वृत्तसे कम और अर्द्धवृत्तसे अधिक प्रकाशित; कुबड़ा।

gibe, jibe १. n. उपहास, मजाक, ठट्ठा, बोली-ठोली, ताना, टिपोरी; २. v.t. & i. उपहास करना, ताना मारना, टिपोरी करना।

giber n. उपहास करनेवाला, टिपोरिया, ठिठोलिया।

giblets n. pl. छिछड़े, मुर्गे आदिका वह भाग जो पकानेसे पहले अलग कर लिया जाता है जैसे कलेजा, पचौनी, अँतड़ी; पंजे, डैनेके बाहरी जोड़; ~ soup वह शोरबा, झोल या जूस जो ओझड़ी आदिसे बनाया जाता है।

gibus n. एक प्रकारका हैट।

giddiness n. घूर्णन, चक्कर, घुमरी; अचेतनता, बेसुधी; हलकापन, ओछापन।

giddy १. v.t. & i. अचेत होना या अचेत करना, बेसुध होना या बेसुध करना; २. a. चक्कर लानेवाला, घुमरी पैदा करनेवाला (*a ~ precipice*); घुमड़ीसे ग्रस्त, घुमरीवाला; चकरानेवाला, चक्कर खानेवाला, जिसका सिर चकराता हो (बीमारी, सफलता आदिसे) सवेग भ्रममाण, वेगपूर्वक चक्कर खाता हुआ; अस्थिर, चपल, लोल, उन्मत्त, चलचित्त, उद्वेजनीय, अस्थिरचित्त, मानसिक रूपसे बेसुध, मनमौजी, हलका, ओछा; ~-brained विचारशून्य; ~-paced अस्थिर, लड़खड़ाता; *play the ~ goat* मूर्खतापूर्ण आचरण करना।

gift १. n. अर्पण, परिदान (*would not have it at a ~*); उपहार, उपदान, प्रीतिदान, पारितोषिक, उपायन, उपढौकन, उपहारकी वस्तु; (कानून) दान, देन, भेंट, हिब्बा; नैसर्गिक दान, प्राकृतिक दान; प्रतिभा, दिव्य गुण, चमत्कारिक योग्यता या क्षमता; २. v.t. उपहार या भेंट देना; ~ horse उपहार या दानका घोड़ा; *the living is in the ~ of* उसका जीवन दानका जीवन है।

gifted a. मेधावी; प्रतिभाशाली, गुणी, नैसर्गिक योग्यता-युक्त;
~ gratuity, ~ journal, ~ parcel.

gig[1] n. टमटम, दोपहिया एक घोड़ेकी गाड़ी; नौका-प्रतियोगिताकी नाव; हलकी नाव जो पोतके साथ रहती है; ~-lamps (ग्रा०) चश्मा, ऐनक।

gig[2] n. मछलीके शिकारका भाला या बर्छा।

gigantean a. राक्षसी, भीमकाय, विकट, भयानक।

gigantesque a. वृहत्काय, देउ-सरीखा।

gigantic a. वृहत्काय, अतिकाय, महाकाय; विराट्, असाधारण रूपसे विशाल, प्रकाण्ड, बड़ा भारी।

gigantism n. अतिकायत्व, राक्षसत्व, भीमकायता, विकटता, भयानकता।

gigantology n. राक्षस-विज्ञान, राक्षसशास्त्र।

gigantomachy n. राक्षसयुद्ध, दैत्ययुद्ध।

giggle १. n. अशिष्टतापूर्ण हँसी, अस्फुट हँसी, अशिष्ट हँसी, दबा हुआ, ठट्ठा या ठहाका; २. v. i. (अनु०) अशिष्ट, उद्धत और अनुशासनहीन लड़कीकी तरह हँसना, दाँत निकालना; रह-रहकर हँस पड़ना, ठट्ठा मारना, खी-खी करना, फूहड़पनेसे हँसना।

giggler n. अशिष्ट हँसी करनेवाला, दाँत निपोरनेवाला, खीस निकालनेवाला।

giglet n. मूर्ख बाला, बेहूदी लड़की।

giglot n विचलित, अस्थिर, चलायमान।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

gigman n. बग्घीवाला; बना हुआ आदमी।
gigolo n. व्यावसायिक सहनर्तक या नृत्यकार।
gigot n. मांसजंघा।
gigue n. = JIG.
gild[1] v.t. सुवर्णरोपण करना, सोना चढ़ाना, सोनेका पानी चढ़ाना, मुलम्मा करना; सुनहले प्रकाश या रंगसे रँगना, चमकाना; धनसे दोष का अवगुण ढँकना, दौलतसे आँसू पोंछना; पुष्पित वाणीसे अलंकृत करना, शब्दाडम्बर करना; G~ed Chamber हाउस ऑव् लॉर्ड्स; ~ed or gilt spurs सामन्त पदका प्रतीक; ~ed youth धन और फैशनवाले तरुण।
gild[2] n. = GUILD.
gild[3] n. खस्सी घोड़ा।
gilder n. स्वर्णारोपक, मुलम्मासाज, मुलमची।
gilding n. स्वर्णारोपण, मुलम्मासाजी, गिलटका काम।
gill[1] १. n. (प्रायः pl.) मछली आदिकी श्वासेन्द्रिय, क्लोम, गलफड़ा; जबड़ेपर का गोश्त, गाल, आदमीके जबड़े और कानके नीचेका मांस; मुर्गेके गलेसे लटकनेवाला मांस; कुकुरमुत्ते आदिके निचले तलपर चमकीली धारियाँ; २. v.t. मछलीके पेटकी थैली साफ करना, मछलीका पोटा साफ करना; कुकुरमुत्तेकी धारियाँ दूर करना; जालसे मछली फँसाना या पकड़ना; ~-flirt आवारा लड़की; ~-net क्लोम-पाश, एक प्रकारका जाल जिसमें मछली गलफँड़ोंसे फँसती है; *rosy about the ~s* हृष्टपुष्ट, स्वस्थ;
~ cover, ~ filament, ~ fungus, ~ lamina, ~ net, ~-net boat, ~ pouch, ~ rake, ~ raker, ~ slit.
gill[2] n. तंग पहाड़ी सोता, पतली पहाड़ी धारा; गहरी वृक्षावृत घाटी।
gill[3] n. जलश्वसनिका, द्रव पदार्थोंके नापनेका परिमाण, सामान्य गिलासका आधा, चौथाई पिण्टकी माप, गिल।
Gill[4] n. *Jack and ~* लड़का और लड़की।
gilled a. गलफड़ेदार।
gillian n. बाला, बालिका, लड़की; प्रणयिनी, प्रेमिका; कामुक बाला, कामुक लड़की।
gillie १. n. स्काटलैण्डमें शिकारियोंके साथ रहनेवाला नौकर या छोकरा; स्काटलैण्डके पहाड़ी सरदारका भित्तिपुष्प।
gillyflower n. रजिकाबन्धु, एक प्रकारका फूल; प्रकारके अन्य फूल।
gilt[1] n. मुलम्मा, झोल; ~-edged परम, उत्कृष्ट; ऐसे संचयन, प्रलेख, प्रतिभूति आदि जिसे संरक्षक या ट्रस्टी प्राथमिकता प्रदान करे या वह उत्तम समझे; ~-head एक मछली; *take the ~ off the gingerbread* किसी वस्तुकी दिखाऊ चमक-दमक दूर करना।
gilt[2] n. शिशुशूकरी।
gimbal n. जहाजके कुतुबनुमा और काल-मापन यन्त्रोंको आड़ा रखनेका यन्त्र।
gimcrack १. n. नुमाइशी चीज; निष्प्रयोजन भूषण, क्षुद्र आभूषण, खिलौना; २. a. निरर्थक, निकम्मा, दिखाऊ और भड़कीली।
gimcrackery n. आडम्बर, दिखावट, नुमाइशी वस्तुयें; खिलौना।
gimcracky a. नुमाइशी, दिखाऊ; तुच्छ, क्षुद्र, निरर्थक, बेकार, मुलम्मेदार, कलईदार।
gimlet n. वेधनिका, आविध, बर्मा, छेद करनेका औजार।
gimmal n. = GEMEL.
gimmer n. एक-दो बरसकी भेड़।
gimp[1], **gymp** n. गोटका मोटा हाशिया या किनारा; रेशम आदिकी लाइन जो तारसे बँधी हो; एक प्रकारकी रेशमी कत्री या गोट, तारके साथ बटी हुई रेशम या सूतकी डोरी या किनारी।
gimp[2] a. स्फूर्त, फुर्तीला।
gin[1] १. n. आवर्तनी, ओटनी, रुई ओटनेकी मशीन, जिन; बोझ उठानेका यन्त्रविशेष; जाल, पाश, फन्दा; २. v.t. आवर्तन करना, बिनौले निकालना, ओटना; फन्देमें फाँसना, जालमें पकड़ना।
gin[2] n. एक प्रकारकी शराब; ~-mill = GINSHOP; ~-palace बड़ी टीमटामका शराबखाना; ~-shop जिनकी दुकान; ~-sling ⊙ शीतल पेय या शरबत (जिसमें जिन और सुगन्धित पदार्थका योग रहता है)।
ginger १. n. आर्द्रक, शृंगवेर, अदरक; हलका अरुणाभ पीतरंग, लाली लिए पीला रंग; स्फूर्ति, उत्साह, उत्तेजना, जोश; २. v.t. अदरककी चाशनी देना; (ला०, किसी व्यक्तिको) उत्तेजित करना, उभारना, उकसाना, बढ़ावा देना; दौड़ानेके लिए घोड़ेके चूतड़को छेड़ना, घोड़ेको खोदना; ३. a. लाल-पीले रंगका, भड़कीला, दिखाऊ; ~ ale, ~-beer, ~-brandy, ~-pop, ~ wine शुण्ठीरा, अदरककी झागदार शराब; ~ bread अदरक पड़ी मीठी रोटी या टिकिया, सोंठकी मीठी रोटी; ~ bread nut, ~-nut अदरक पड़े छोटे बिस्कुट; छोटे बटन जैसे केक; ~-root अदरककी जड़, अदरक; ~ wine शृंगवेर मदिरा, एक ब्रिटिश शराब।
gingerly १. a. स्पृष्ट, पददलित; २. adv. शनैः-शनैः, डरते-डरते, सावधानीसे, अत्यन्त अवधानपूर्वक।
gingery a. आर्द्रकमिश्रित; आविष्ट, उत्तेजित।
gingham n. (बोल०) छाता; रंगीन सूतका बुना हुआ धारीदार कपड़ा, सूती या सनका एक कपड़ा, जिंगाम।
gingival a. (श० र० शा०) दन्तमांस-सम्बन्धी, मसूड़ेका।
gingivitis n. दन्तमांसकोप, मसूढ़ेकी सूजन।
gingle १. n. शिंजन, झन-झनका शब्द, टनटनाहट; २. v.t. झन-झन शब्द करना।
ginglymoid a. शरीरके जोड़से सम्बन्धित।
ginglymus n. (श० र० शा०) कोरसन्धि, जोड़।
gin-house n. आवर्तन-गृह, जहाँ रुईसे बिनौला निकाला जाता है, = GINNERY.
ginnery n. कपाससे बीज अलग करनेका कारखाना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS.

ginning n. आवर्तन, ओटाई, रुईसे बिनौला निकालनेका कार्य;
~ capacity, ~ factory, ~ mill, ~ out-turn, ~ percentage.

ginseng n. एक औषधोपयोगी पौधा, जेन्-शेन्।

gippo n. (सेना० ग्रा०) रस, झोल, शोरवा, यखनी, जूस।

gippy n. (सेना० ग्रा०) मिस्री सैनिक।

gipsy, gy- n. रोमणी, यायावर, एक खानाबदोश जाति, कंजड़, जिप्सी; शरारती, चाँचड़ा या काली स्त्री; ~ bonnet स्त्रियोंकी टोपी विशेष; ~ rose एक पौधा; ~ table हलकी तिपाई या मेज, जिप्सी मेज।

gipsydom, gy- n. यायावर-संसार, रोमणी-जगत्, जिप्सी दुनिया; यायावर-जीवन, रोमणी-जीवन, जिप्सी जिन्दगी।

gipsyfy, gy- v.t. यायावर करना, खानाबदोश बनाना (प्रायः p.p. *~ied*), जिप्सी या रोमनी बनाना।

gipsyhood, gy- n. यायावरत्व, खानाबदोशी, जिप्सीपन, रोमनीपन।

gipsyish, gy- a. यायावरीय, जिप्सीप्राय, जिप्सी जैसा।

gipsyism, gy- n. यायावरत्व, जिप्सीपन।

giraffe n. महाग्रीव, उष्ट्रचित्रक, अफ्रीकाका एक चौपाया जानवर, जराफा, जिराफ।

girandole n. (आतिशबाजीका) चक्कर, चर्खी; चर्खी छूटनेका कार्य; चक्कर खाता हुआ पानी; जड़ाऊ कर्णफूल या बाली; मोमबत्तियोंका झाड़।

girasol(e) n. सूर्यकान्त, चकमक, एक बहुमूल्य मणि या पत्थर, गिरासोल।

gird[1] १. n. परिहास, विनोद, हँसी, मजाक; २. v. i. (*at* के साथ) परिहास करना, व्यंग्य करना, ताना मारना, मजाक करना, टिपोरी करना।

gird[2] v.t. पेटी या पटुकेसे कसना; (फा० या भाषण०; *~ed* या *girt*) (कमरबन्द आदि) चारों ओर लपेटना, पटुका बाँधना, पेटी बाँधना; पेटी या कमरबन्दमें तलवार बाँधना; (कपड़ोंको पेटीसे) कसना; सशक्त करना, दृढ़ करना; घेरना, जकड़ना; घेरा डालना; ~ one*self*, one's *loins* परिकरबद्ध होना, कटिबद्ध होना, कमर कसना, कमर बाँधना (प्रायः *up* के साथ)।

girder n. निष्कम्भ, अयोधरणी, धरण, लोहे या फौलादकी धरन, गाटर, गर्डर; धन्नी, कड़ी, शहतीर; छत या पुलकी डाट।

girding n. निष्कम्भ, धरण, अयोधरणी, गाटर, गर्डर; धरन, धन्नी, शहतीर; (पुल इत्यादिका) डाट; परिहासक; विनोदक, मजाकिया आदमी; पटुका बाँधनेवाला आदमी।

girdle[1] १. n. परितक्षण, परिवेष्टन, घेरा; रशना, मेखला, कटिसूत्र, करधनी, पेटी, पटुका, कमरबन्द; राशिचक्र; (श० र० शा०) ऊर्ध्व और अधः अंगोंका आस्थिक अवलम्ब, चपनी, वह शरीरावयव जिसके सहारे हाथ-पैर आदि टिके होते हैं (*pelvic* or *hip* ~); पेड़की बक्कल या छाल छीलकर बनाया हुआ घेरा; काटे हुए हीरेका अंश जो राजमुकुटको आधारसे अलग करता है और सज्जासे संश्लिष्ट रहता है; २. v.t. पेटी बाँधना, पटुका बाँधना; घेरना, घेरेमें लाना; वृक्षके चतुर्दिक घेरा बनाकर उसे अधिक फलदायी कर देना;
~ band, ~ belt, ~ bone, ~ bundle, ~ structure, ~-tailed lizard, ~ trace, ~ view.

girdle[2] n. (स्काट० और उत्तरी०) तवा, कड़ाही;
~-cake वह केक जो तवेपर बनाया जाय।

girdler n. कटिबन्धक, कटिबन्धकर्ता, पेटी बाँधनेवाला, वलयक, वलयकारक, धिराव करनेवाला; कटाहकार, कड़ाही बनानेवाला, तवा बनानेवाला।

girl* n. बालिका, कन्या, कुमारी, बाला, बच्ची, लड़की*; प्रेयसी, प्रेमिका; परिचारिका, सेविका, नौकरानी, बाँदी, लौंडी, टहलुई; best ~ प्रेयसी, प्रिया, प्रियतमा, ~ guides बालचारिका, बालचरों जैसा लड़कियोंका संघटनविशेष।

girlhood n. बालिकावस्था, बालभाव, कन्यापन, कुमारीत्व।

girlish a. बालिकासदृश, कन्यावत्, शर्मीला; भोला।

girlishness n. कन्यात्व, शालीनता, बालापन, शर्मीलापन, भोलापन।

girn v. i. गुर्राना; शीघ्र क्रोधमें आना, जल्दी गुस्सा खाना, चिड़चिड़ा होना, खीझना, बड़बड़ाना।

girnel n. धान्यागार, गोदाम, बखार; भाण्डार, भोजन-सुरक्ष, आटा या खाना रखनेकी पेटी।

Girondist n. & a. फ्रांसीसी असेम्बली (१७९१–३) में उदार प्रजातन्त्रवादी दलका सदस्य।

girouette n. वातदिग्दर्शक, वातदर्शक; (राजनीति इत्यादिमें) अस्थिरचेता व्यक्ति, अवसरवादी; समाकृन्तक, कर्तक, छाँटनेवाला माली।

girt १. n. परिधि, किसी वस्तुके (जो चिपटी न हो) चतुर्दिकका माप, घेरा; २. v.t. गोलाई नापना; (पेड़ आदिका) घेरा मापना; लपेटना, पेटी कसना।

girth n. १. परिधि, लपेट; किसी वस्तुके घेरेकी माप; घोड़ेकी तंग; २. v.t. & i. घेरना; तंग कसना; घेरेकी माप करना।

gist n. निष्कर्ष, तात्पर्य, सार, सारांश, भाव, अभिप्राय, निचोड़।

gitano n. (विशे० स्पेनका) यायावर, रोमणी, जिप्सी।

gite n. शरणस्थल; वासस्थान, निवासस्थान।

gittern n. सारंगी, एक प्रकारका वाद्य, गिटारका प्रारम्भिक रूप, गिटर्न।

giusto adv. ठीक समयमें।

give[1] n. लोच, नमनीयता, लचकीलापन; लचक (*there is no ~ in a stone-floor*); ~ *and take* आदान-प्रदान, लेन-देन, अन्योन्य सुयोग या सुविधा, पारस्परिक वार्तालाप, आपसी समझौता।

give[2]* v.t. & i. (सामान्य अर्थ) प्रदान करना, देना*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(*I gave him a book*); उपहार देना, अर्पण करना, भेंट करना, नजराना देना, हिब्बा देना; प्रस्तुत करना, सौंपना, सुपुर्द करना, पेश करना, (आनुकूल्य, सम्मान, आदि); विवाहकी अनुमति देना (कन्या आदिको प्रायः दानमें); वसीयत करना; करना, लगाना (विश्वास,प्यार, दिल); (ईश्वर आदिका) प्रदान करना (योग्यता आदि); चुकाना, अदा करना; समर्पण करना, लगाना (*gave his life to it*); फैसला देना (*gave the case for*); क्रिकेटमें निर्णय देना (~ *batsman out* or *not out*); देना (उद्यानगोष्ठी, भोज, गेंद); मारना, जमाना (~ *a jump*); आशीष या दुआ देना; (p.p., लेख) तिथि-अंकित करना; हस्तान्तरण करना, वितरण करना, दे देना, सौंपना, किसीको भोजन देना, परोसना; औषध देना, दवा देना; वचन देना; (निश्चयनके लिए) विश्वास दिलाना, भेजना, कर गुजरना; पहुँचाना (प्रशंसा, प्रेम, प्यार, सन्देश, बधाई आदि); रखने देना, दिलाना (*solitude ~s it its only charm*); (खिड़की, द्वार आदिका किसी ओर) खुलना; शिथिल हो जाना, पीछे हटना, सिकुड़ जाना, बैठ जाना, दब जाना, गिर पड़ना, ढीला पड़ना, बह जाना; अभिनय करना, आचरण करना, पाठ करना, पढ़ना, गाना (अंश आदि); प्रदान करना, किसीके नाम कर देना, लिख देना; मान लेना, मंजूर करना (*he was ~n the contract*); अनावृत्त करना, प्रकट करना, प्रस्तुत करना, सामने रखना (~ *good example*); परिणाम या उपजके रूपमें देना (*analysis ~s the following figures*); स्रोत या उद्गम होना, प्रदान करना, साझी बनाना (*gave me his sore throat*); ~ *a back* उछालके लिए खड़ा होना; ~ *and take* समझौता करना; ~ *a blow* प्रहार करना; ~ *a person to understand, know* सूचना देना, कहना; ~ *a piece of one's mind* बलपूर्वक मतभेद प्रकट करना; ~ *as good as one gets* खरे-खरे शब्दोंमें उत्तर देना, मुँहतोड़ उत्तर देना; ~ *away* कन्यादान करना, (कन्या) समर्पित करना; दूल्हनको दूल्हेके साथ विदा करना; पुरस्कार वितरण करना; दानपत्र लिख देना, दे डालना; रहस्योद्घाटन करना, हँसी उड़ानेके लिए भेद खोलना; ~ *back* प्रत्यर्पण करना, लौटा देना; वापस करना, हटाना, देना, उलटा फेरना; ~ *birth to* जन्म देना, पैदा करना, जनना; ~ *chase* पीछा करना, खदेड़ना, लखेदना, चहेटना, पहेटना; ~ *ear to* ध्यान देना, सुनना, कान लगाना, कान देना; ~ *effect to* कार्यान्वित करना, प्रभावी बनाना, लागू करना; ~ *forth* उद्गीरण करना, प्रकट बताना, प्रचार करना, बोलना, फैलाना, कहना, बताना, जताना; ~ *ground* परास्त होना, स्थान छोड़ना, हार जाना, पीछे हटना; ~ *in* नियमानुसार निवेदन करना, वर्णन करना, प्रकट करना, दावेमें कमी करना, छूट देना, हटना, त्याग करना, (p.p.) पूरकरूपमें जोड़ना; ~ *in to* मान जाना, झुक जाना; ~ *it him* मरम्मत करना, मारना, पीटना; ~ *me* मुझे दो—पसन्द है; ~ *off* बाहर करना, निकालना (धुआँ आदि); ~ *one's ears* किसी वस्तुके लिए बड़ीसे बड़ी कुर्बानी करना; ~ *one self airs* प्रदर्शन करना, आडम्बर करना; ~ *one self trouble* कष्ट झेलना, दुःख उठाना; ~ *one self up* निराश होना, छोड़ देना; ~ *one what for* (ग्रा०) दण्ड देना, झिड़कना, फटकारना; ~ *out* घोषणा करना, प्रकट करना, मुँहसे निकालना, कह देना, फैलाना, बाँटना, अफवाह उड़ाना; थककर रह जाना, चुकना, कम पड़ना; ~ *over* तज देना, छोड़ना (आदत, टेव, बान); हस्तान्तरण करना; मुँह फेरना, परे रहना, विमुख रहना; काम छोड़ना; ~ *place* बैठ जाना, हार मानना; एक व्यक्तिके स्थानपर या उसके बाद दूसरेका आना, किसीके लिए जगह बनाना, जगह खाली करना; ~ *rise to* हेतु होना, कारण होना; ~ *the lie to* झूठा आरोप लगाना; ~ *the time of the day* शुभ प्रभात आदि कहना, नमस्कार कहना; ~ *tongue* भौंकना; ~ *to the world* घोषणा करना; ~ *up* समर्पण करना, पदत्याग करना, त्याग देना, तज देना, छोड़ देना, अलग होना, इस्तीफा देना; अभिभूत हो जाना, भावित हो जाना (भावसे); प्रयत्न या चेष्टाका परित्याग कर देना; सम्बन्धविच्छेद करना; (ref. & p.p.) प्रकट कर देना, उघाड़ देना (सह-अपराधियोंके नाम आदि); निराश हो जाना, आशा छोड़ देना; असाध्य या अनुपचरणीय कहकर छोड़ देना; आदत होना, लत होना, टेव होना; ~ *way* हट जाना, टूट जाना; ~ (*you*) ⊙ किसीकी अगवानी करना।

giveable a. दातव्य, देय, देने योग्य।

given a. क्रियागत अर्थोंमें, दिया हुआ आदि; ~ name ⊙ ईसाई नाम; ~ *in marriage* ⊙ विवाह कर देना; ~ *out* ⊙ घोषित; ~ *over* दुर्गुणी, विपथ-चारी, बुराईको समर्पित।

giver n. दाता, देनेवाला आदि, क्रियागत अर्थ।

gives, gy- n. निगड़, बेड़ियाँ।

giving १. n. प्रदत्त या समर्पित वस्तु; अर्पण, समर्पण, दान, प्रदान, देना; २. a. समर्पयिता, दानशील, दाता, प्रदाता, देनेवाला।

gizzard n. कुछ मछलियों, कीड़ों, आदिका सदन्त पकाशय, पेषणी, पक्षीकी द्वितीय पाकस्थली, पोटा, गिजर्ड; *fret one's* ~ तंग करना या होना, परेशान करना या होना, दिक करना या होना; *stick in one's* ~ (ला०) अप्रिय होना, गलेसे नीचे न उतरना।

glabrate a. चिक्कण, चिकना।

glabrescent a. निर्लोम, अलोम, लोमशून्य, बिना रोएँका।

glabrous a. चिक्कण, चिकना; (श० र० शा०) केशहीन, बिना बालोंका, चिकने चमड़ेवाला, चिकनी खालका।

glace a. चिक्कणतल, चिकनी सतहका।

glacial a. (भौ०) हिमानी, हिमानीय, हिमज, हिम-जात, हिमोत्पन्न, तुषारघटित, तुषारमय, हिमरूप, बर्फीला;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ epoch, era, period हिम-काल, हिम-युग।
glacialist n. हिमक्रियावादी, कतिपय भौमिकीय घटनाओंको हिमक्रियासे सम्बन्धित बतानेवाला व्यक्ति।
glaciate v.t. हिमाच्छादित करना, हिम या बर्फ बनाना।
glaciated a. हिमशिलासे आवृत्त, हिमनदके नीचे; हिमाच्छादित, हिममण्डित, हिमग्रस्त, हिमप्रभावित; बर्फकी चादरसे ढका हुआ।
glaciation n. हिमानीक्षरण, हिमाच्छादन, हिममण्डन, हिमायन।
glacier n. हिमानी, हिमराशि, हिमसंहति, मन्द-प्रवाहिनी नदी, हिमनद, हिमनदी, तुषार-नदी।
glaciered a. हिमशिलाओं या हिमनदीसे आच्छादित, बर्फकी चट्टानोंसे ढका हुआ।
glaciology n. हिमक्रिया-विज्ञान।
glacis n. स्यन्दा,-किलेसे नीचेकी ओरका ढालू किनारा, ढाल, ग्लेसी।
glad १. v.t. (प्रा०) तुष्ट या प्रसन्न करना; २. a. आनन्दित, उल्लसित, आह्लादित, तुष्ट, प्रसन्न, मगन, खुश (केवल pred. *I am* ~); (प्रकृति आदि) प्रसन्न-चित्त, सुन्दर, अच्छा, खुशदिल; (घटना और समाचार) तुष्टिकर, हर्षप्रद; (दृष्टि, भाव, आदि) आनन्दव्यंजक, आनन्दमय, आनन्दपूर्ण; ~ rags (प्रा०) इतवारके वस्त्र, त्यौहारी कपड़े; the ~ eye (प्रा०) उल्लासपूर्ण या कामातुर दृष्टि; प्रेम दृष्टि।
gladden v.t. तुष्ट करना, प्रसन्न करना।
gladdening a. हर्षकर, आनन्दप्रद, प्रसन्नतादायक।
glade n. वनपथ, वनमार्ग, जंगलके वृक्षोंके बीचका खुला मैदान या रास्ता।
gladiate a. खड्गाकार, तलवारके आकारका।
gladiator n. वाग्मी, वाक्पटु, राजनीतिक आदि विवादोंमें दक्ष व्यक्ति; खड्गमल्ल, मल्ल, असिक्रीड़क, पहलवान, अखाड़िया, तलवार या दूसरे शस्त्रोंसे युद्ध करनेके लिए प्रशिक्षित व्यक्ति।
gladiatorial a. वादकुशलता-सम्बन्धी; खड्गमल्ल-सम्बन्धी, असिक्रीड़ा-सम्बन्धी, अखाड़ियेका।
gladiatorship n. विवादिता, विवादी कार्य, विवादी मनुष्यका काम, अखाड़ियापन।
Gladiolus n. कृपाणपर्ण पोधा, खंगिकालता, एक फूलदार वृक्ष, ग्लेडियोलस।
gladness n. (का०) हर्ष, आनन्द, प्रसन्नता।
gladsome a. हर्षित, आह्लादित, तुष्ट, प्रसन्न।
gladsomeness n. हर्ष, आनन्द, उल्लास, प्रसन्नता।
Gladstone n. & a. (~ *bag* भी) एक प्रकारका हलका सफरी हैण्डबैग, सफरी बैग।
Glagol n. ग्लैगोली (स्लावोनी) वर्णमाला।
Glagolitic a. प्राचीनतम स्लावोनी वर्णमाला-सम्बन्धी।
glair १. n. अण्डश्विति, सफेदी; वह चिपकनेवाला पदार्थ जो अण्डेसे बनाया जाता है, लसदार पदार्थ; कोई लसदार या चिपकनेवाली वस्तु; २. v.t. अण्डेकी सफेदी या कोई अन्य लसदार वस्तु मल देना, पोत देना।
glaireous n. श्वितिमय, सफेदीवाला, लसदार।
glairy a. अण्डेकी श्विति-सा, सफेदीवाला, लसदार।
glaive n. (प्रा० और का०) चौड़ी धारवाली तलवार, चौड़े फलकी तलवार।
glamorous a. मोहक, जादू-सम्बन्धी।
glamour १ n. आकर्षण, इन्द्रजाल, जादू, टोना, टोटका; आकर्षक सौन्दर्य, चकाचौंध; २. v.t. मोहित करना, मोह लेना, जादू चलाना, जादू मारना, जादू डालना, जादू करना, टोना चलाना।
glance[1] १. n. दृष्टिपात, दृक्पात, चितवन, कनखी; तिरछी गति या रगड़, (क्रिकेट) चोट जो गेंदको बल्लेके किनारेसे लगाई जाय; (आकस्मिक गतिसे प्राप्त) आभास, झलक; २. v.t. देखना, थोड़ी देरके लिए दृष्टि डालना, उड़ती हुई या उचटती हुई दृष्टि डालना; लाँघ जाना, सरसरी दहस करना; जगमगाना, चमकना, झलकना, दमकना; उचटना, खिसक जाना (हथियार आदिका); sidelong ~ कटाक्ष, कनखी; ~ *at* व्यंग्यपूर्ण संकेत करना, सरसरी दृष्टि डालना, उड़ती हुई दृष्टि डालना; ~ *down, up* etc. दृष्टिनिक्षेप करना, दृष्टि डालना; ~ one's *eye at* or *over* ध्यान देना, दृष्टि दौड़ाना, निगाह फेरना; ~ *over* सरसरी तौरपर पढ़ना, देख जाना, एक नजर डालना।
glance[2] n. प्रभासित कच्ची धातु (*copper, lead,* ~)।
gland[1] n. (श० र० शा०) ग्रन्थि, (मांस) ग्रन्थि, लसीकाग्रन्थि, गाँठ, गिल्टी, गुल्थी, गोल ग्लाण्ड; (वन०) ग्रन्थिकोष या पौधेके मूलरूपमें कोषवर्ग।
gland[2] n. (यन्त्र०) पिस्टन-रॉडपर भराई (पैकिंग)को कसनेके लिए नली (ट्यूब)।
glandered a. (घोड़ा) रोगविशेषसे ग्रस्त।
glanderous a. अश्वग्रन्थि रोगसे प्रभावित।
glanders n. pl. अश्वग्रन्थि, घोड़ोंका एक छूतका रोग; गलसूजन (जब मनुष्यको लग जाय)।
glandiferous a. फलदायी, फलवाला, सुपारीदार।
glandiform a. ग्रन्थि-सदृश; सुपारी-जैसा।
glandless a. ग्रन्थिहीन, बिना गिल्टीका।
glandular a. ग्रन्थि-, ग्रान्थिक, ग्रन्थिल (~ *tissue*), ग्रन्थिमय।
glandulation n. ग्रन्थिकावस्था, ग्रन्थि-स्थिति; ग्रन्थि-निर्मिति, ग्रन्थिका-रचना।
glandule n. ग्रन्थिका, छोटी गिल्टी।
glanduliferous a. ग्रन्थिकामय, ग्रन्थिकावत्, गिल्टीदार।
glandulose a. (वन०) ग्रन्थिका-सदृश, गिल्टीनुमा।
glandulous a. ग्रन्थिमय, गिल्टीदार।
glans n. ग्रन्थिवत्-निर्मिति, ग्रन्थिकाके आकारकी रचना; (लिंगकी) मणि, सुपारी; पुलिन-नारिकेल, बीचनट।
glare १. n. दीप्ति, ज्योति, द्युति, प्रभा, समुज्ज्वल प्रकाश, चौंधानेवाला प्रकाश, चौंधा, चकाचौंध, चिल-चिलाती धूप; जगमगाहट, चमक; स्थिर दृष्टि, कठोर या

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

कड़ी दृष्टि; २. v.t. & i. (प्रकाशका) चकाचौंध करना, जगमगाना, चमचमाना, दीप्त करना या होना; स्थिर या भयंकर दृष्टिसे देखना; दृष्टिसे व्यक्त करना (घृणा, चुनौती आदि); प्रत्यक्ष होना, अत्यधिक प्रकट होना, दृष्टिमें चुभना, उजागर होना।

glareal a. शुष्क भूमिपर उगनेवाला।

glareous a. कंकड़मय, कँकरहा; कंकड़पर उगनेवाला।

glaring a. उद्दीप्त, ज्योतित, चकासमान, प्रकाशमान, उज्ज्वल, चौंधियानेवाला, चमकदार; सुस्पष्ट, प्रत्यक्ष; ~ mistake भयंकर भूल।

glaringness n. सुस्पष्टता, जाज्वल्यमानता, देदीप्यमानता, चमक।

glary a. देदीप्यमान, समुद्दीप्त, भड़कीला।

glass[1]* n. काच, शीशा*; शीशेका गिलास; शीशेके आभूषण, खिड़कियाँ, ग्रीन हाउस (काचगृह); शीशे-जैसी चीजें; दर्पण, आरसी, आईना; काच, ताल; (pl.) ऐनक, चश्मा; चित्रको ढकनेका शीशा; गिलास, पेयपात्र, गिलासभर पेय (*a friendly* ~); रेतघड़ी, बालूघड़ी; गाड़ीकी खिड़की; पौधोंके लिए शीशेका ढाँचा या ठाठर; वायुमान, ऋतु-काच; अण्वीक्षण यन्त्र, दूरदर्शक काच, परीक्षण काच, क्षेत्र काच, ऑपेरा काच; ~-blower काच-धमाता, काच-धम, मनिहार, शीशागर; ~ case काचावरण, शीशेका डब्बा (वस्तुओंके रखने या प्रदर्शनके लिए), शीशेदार आलमारी; ~-cloth काचपोंछ, काचका बढ़िया बुना हुआ सूत या धागा, काचवस्त्र, शीशा साफ करनेका कपड़ा; ~-cutter शीशा काटनेका औजार, शीशा काटनेवाला; ~-dust पालिशके लिए शीशेका चूर्ण; ~ eye काचकी कृत्रिम आँख; घोड़ोंकी अन्धताका प्रकार; ~-house काचगृह या शीशेका कारखाना, शीशाघर; (पौधों या फोटोग्राफीके लिए), (ग्रा०) सैनिक-जेल; ~-paper काच-पत्र, काचचूर्णवाला कागज; ~-ware काचभाण्ड, काच या शीशेका सामान; ~ wool काचका तागा; *a* ~ *of antimony* सीसेका गिलास; *has had a* ~ *too much* अधिक पी गया, अधिक चढ़ा ली;

~ bangles, ~ basin, ~ bead, ~ beaker, ~ bell-jar, ~-borer, ~-boring outfit, ~ bottle, ~-bottomed, ~-built, ~ capillary stopcock, ~ coach, ~-coated, ~-coloured, ~ cover, ~-covered, ~ crab, ~-cutting, ~ cuttings, ~-cylinder machine, ~ disc, ~ distilling apparatus, ~-eater, ~ electrode, ~-eyed, ~ figure, ~ fish, ~ flask, ~ flowers, ~ frame, ~-fronted, ~-fronted case, ~ furnace, ~ green, ~-hard, ~ inkpot, ~ jar cover, ~ lamp, ~-lined, ~-lining, ~-maker, ~maker's shop, ~making, ~man, ~ mantle, ~ marking, ~-measuring cylinder, ~ pad, ~ painting, ~ pane, ~-panelled, ~ pipette, ~ plate, ~ protector, ~ reduction tube, ~ rod, ~ rope, ~ sediment, ~ sheet, ~ silk, ~ slab, ~ slide, ~ spiral, ~ sponge, ~ spring tensimeter ~ statuary, ~ stopper, ~ substitute, ~ tiles, ~-topped, ~ tube, ~ tubing, ~-tubing cutter, ~ tumbler, ~ vessel, ~weed, ~ with care, ~work, ~worker, ~works, ~worm.

glass[2] a. काच-, काचीय।

glass[3] v.t. शीशेमें बन्द करना, घेरना, (क्वचित्) शीशा जड़ना, शीशा लगाना या मढ़ना; प्रतिबिम्ब डालना (प्रायः refl. *trees* ~ *themselves in the lake*); (आँखोंको) निष्प्रभ करना (क्वचित्)।

glassful n. गिलासभर कोई वस्तु।

glassiness n. निर्मलता, चमक, चिकनापन।

glassless a. काचशून्य, बिना शीशेका।

glasslike a. काचवत्, काच-सदृश, शीशेके समान।

glassy a. काचाभ, काचोपम, काच-सदृश, शीशेका; (आँखें) निष्प्रभ, पथराई हुई; (पानी) पारदर्शक, निर्मल, शीशेजैसा स्वच्छ (~ *calm, surface*)।

Glaswegian a. & n. ग्लासगो-वासी, ग्लासगोका निवासी।

Glauber's salt(s) n. सोडियमका सलफेट, सज्जीका नमक।

glaucescence n. हरिनीलन, नीलाभ होनेकी क्रिया।

glaucescent a. हरिनील, मेघनील, नीलाभ, समुद्री हरे रंगका।

glaucoma n. काचबिन्दु, मोतियाबिन्द, आँखकी बीमारी जिसमें पुतली फैल जाती है और दृष्टि शनैः-शनैः जाती रहती है।

glaucomatous a. मोतियाबिन्दका रोगी।

glaucous a. (विशे० प्राकृ० इति०) हरिनील, मेघनील, हलका भूरा लिए हरा या नीला, मटियाला; (वन०) अंगूरी आभासे आच्छादित, नीलहरित, ईषद्हरित् या नील।

glaze १. n. पालिश, कलप; आँखका जाला; तह, तल; शीशेका रोगन, काबिस जो घड़ेको चिकनानेके काम आती है; चिकनाहट, चिकनाई; आब, चमक, ओप; २. v.t. & i. काचन करना, काचित करना, घरमें शीशेकी खिड़कियाँ लगाना, तसवीरमें शीशा मढ़ाना, शीशे जड़ना, शीशे लगाना; घोंटकर चमकाना; जाला पड़ना; (कपड़े, चमड़े आदिपर) किसी चमकदार वस्तुकी तह देना, कलप देना; बर्तन भाँड़ेपर काबिस करना; (कुम्हारी) शीशेका रोगन करना, घोंटना, रोगन करना या घोंट चढ़ाना; चित्रमय तलको मूलभावको मार्जित करनेके लिए विभिन्न पारभासक रंगोंसे घोंटना, कलप करना।

glazed a. काचित (~ *tile*), चमकीला; ~ paper काचित-पत्र, चमकीला कागज, रेगमाल।

glazer n. ओपकार, काचकार, शीशा जड़नेवाला आदमी।

glazier n. काचसन्धाता, खिड़कियों आदिमें शीशा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

जड़नेवाला; *is your father a ~ ?* (हास्य०) क्या आपके पिता शीशे की तरह पारदर्शी हैं ?।

glaziery n. काचसन्धान, शीशासाजीका काम या कारखाना।

glazing n. क्रियागत अर्थोंमें, काच लगाना, शीशेकी जड़ाई आदि; शीशेका लुक, ओप, कलप, पालिश; काँच।

glazy a. चमकदार।

gleam १. n. किसी गुण आदिकी किरण, झलक (*an occasional ~ of humour*); कान्ति, प्रभा, चमक-दमक, आबदारी; २. v. i. झलक जाना, चमकना, दमकना।

gleaming a. प्रभासमान, ज्योतिर्मय, उद्द्योतित, कान्त, चमकनेवाला, चौंधियानेवाला, आबदार।

gleamy a. =GLEAMING, चमकदार, झलकता हुआ।

glean v.t. & i. बालें तोड़कर खेत साफ करना; बालें इकट्ठा करना, चुनना, बीनना (सीला); संग्रह करना, इकट्ठा करना, बटोरना (तथ्य, समाचार आदि)।

gleaner n. संग्रहीता, बालें या शिल बटोरनेवाला।

gleaning n. उंछकर्म, शिलावृत्ति, बिनाई।

glebe n. (का०) क्षेत्र, धरती, भूमि, मिट्टी; गिरजेसे सम्बद्ध भूमि, वह भूमि जो पादरीको वेतनके निमित्त मिली हो या प्रदत्त हो।

glede n. चील।

gledge v.i. अपाङ्ग दर्शन करना, तिरछी नजरसे देखना।

glee n. उल्लास, हर्ष, आनन्द, रंगरेलियाँ; गीतरचना जो तीन या अधिक किशोर गायकोंके लिए हो।

gleed n. प्रज्वलित अंगार, जलता हुआ कोयला; निरक्तापीत, एक प्रकारका पीताभ लाल रङ्ग।

gleeful a. आह्लादपूर्ण, तुष्ट, आनन्दित, प्रसन्न।

gleek n. कपट, कूटता, चाल; निरादर, अपमान, उपहास, व्यंग्य, ताना, बोली।

gleeman n. भ्रामी संगीतज्ञ, पर्यटनशील गवैया।

gleesome a. प्रसन्न, मगन।

gleet n. मेहविकार, पुराने प्रमेहका स्राव (क्वचित्), धातु, मवाद, पीप।

gleety a. मवादसे भरा हुआ, पीपदार।

glen n. दरी, द्रोणी, कन्दरा, तंगघाटी, सकरी घाटी।

glene n. तारा, तारिका, पुतली।

glengarry n. स्कॉटलैण्डके पहाड़ी लोगोंकी एक टोपी, ग्लेंगरी।

glenoid १. a. (श० र० शा०) सन्धि-कूप-युक्त, हड्डियोंके जोड़के गड्ढेवाला; २. n. अंससन्धि, स्कन्धास्थि।

gley १. v.i. कटाक्ष करना, तिरछी नजरसे देखना; २. a. ऐंचाताना, तिरछा।

gleyed a. ऐंचाताना, तिरछी आँखवाला।

glib १. a. (गति) मसृण, चिक्कण, सुगम, अबाध, चपल (क्वचित्), (धरातल) समतल, साफ, चिकना, बेरुकावट; शब्दबहुल, द्रुतवाक्, वाक्चपल, बहुभाषी, बकवादी, बड़बड़िया; (भाषा) प्रवाहपूर्ण, सरपट।

glibness n. मसृणता, चिक्कणता, अबाधता, निर्बाधता, चापल्य, फिसलन, चिकनाई; द्रुतभाषिता, वाक्चापल्य, गिलबिलाहट, बड़बड़ाहट।

glidder a. पिच्छिल, फिसलाऊ, चिकना।

glide n. स्रवण, संसर्पण, फिसलन; (ध्वनि०) ध्वनिविकार; (संगीत) वादन या कण्ठस्वरको बिना बन्द किये सुर बदलते जाना; २. v.t. & i. फिसलना, थिरकना, सरकना, जाने देना (*light airs ~d her on her course*); विसर्पण करना, समगति या क्रमसे चलते जाना, सरकते जाना, फिसलते जाना (साँप, चिड़िया, यान, द्रव, व्यक्ति, जहाज, स्केटिंग आदि); धीरे-धीरे जाना, चुपके-चुपके जाना, दबे पाँव जाना, चोरीसे जाना; धीर-धीरे बदलना; इंजन बन्द करके उड़ना (हवाई जहाजका); (समय आदि) निकल जाना, लापरवाहीमें चला जाना, बीतते जाना।

glider n. विसर्पक, शनैः-शनैः फिसलनेवाला; बिना इंजनका विमान, ग्लाइडर।

gliding a. विसर्पी, विसर्पण, स्रवण, खिसकना, सरकना।

glidingly adv. शनैः-शनैः, धीरे-धीरे, चुपके-चुपके, दबे पावों, अनजाने।

glim n. (प्रा०) प्रकाश, आलोक, रोशनी; मोमबत्ती, लालटेन, दीया।

glimmer १. n. आभास, मन्द प्रकाश, टिमटिमाहट, आशा आदिकी झलक; अस्पष्ट विचार; २. v. i. रह-रहकर चमकना, टिमटिमाना, जगमगाना, झलमलाना।

glimmering १. n. मन्द प्रकाश, क्षीण रोशनी; अस्पष्ट विचार, धुँधला ख्याल; २. a. मन्द, क्षीण, अव्यक्त, अस्पष्ट।

glimmery a. मन्दप्रकाशी, क्षीण रोशनीवाला, धुँधला; अस्पष्ट विचारवाला।

glimpse १. n. आभास, झलक; क्षण; २. v.t. & i. स्वल्पवीक्षण करना, अर्द्धवीक्षण करना, झलक पाना या देना⊙; (का०) पौ फटना, झलक मारना, झलक दिखाना।

glint १. n. कौंध, लौका, झलक, दमक, चमक; २. v.t. & i. कौंधना, लौका लौकना, जगमगाना, चमचमाना, चमक पड़ना; परावर्तित करना, चमकाना (प्रकाश)।

glissade १. n. (पर्वतारोहण) किसी वस्तुकी सहायतासे फिसलनेका कार्य या फिसलना (खड़ी चट्टान या हिम आदिपर); २. v.i. नीचेकी ओर फिसलना।

glisten १. n. जगमगाहट, चमक, दमक; २. v.i. जगमगाना, रह-रहकर चमकना; दमकना, झलकना।

glistening a. प्रभासित, द्युतिमान, चमकदार; स्निग्ध, चिकना।

glister १. n. (प्रा०) चमक, दमक; २. v.i. (प्रा०) जगमगाना, दमकना।

glistering a. प्रभासमान, द्युतिमान, भासुर, उज्ज्वल, चमकता हुआ, चमचमाता।

glitter १. n. दीप्ति, प्रभा, कान्ति, चमक, दमक; भड़कीलापन; २. v.i. जगमगाना, जोरोंसे चमकना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

दमकना; जगमग करना, भड़कीला होना, भड़कदार होना (जवाहर आदिका)।

glittering a. = GLISTERING.

glittery a. प्रभामय, द्युतिमान, चकासमान, चमकदार।

gloam v. i. अन्धकार होना, अँधेरा होना, अँधियारा होना, सँझलौका होना।

gloaming n. गोधूलि, शामका अँधेरा, झुटपुटा, सँझलौका, धुँधलका।

gloat v.i. प्रेम और वासनाकी दृष्टिसे देखना, बुरी दृष्टिसे देखना आदि; ~ *over* मोहित होना, तुष्ट होना।

global a. व्यापक, सार्वभौम, विश्वव्यापी, वर्तुल, गोल।

globate a. गोलाकार, ग्लोबके आकारका।

globe १. n. भूमण्डलका (*terrestrial* ~) या आकाश-मण्डलका (*celestial* ~) मानचित्र, भूमिगोल, गोल, मण्डल, ग्लोब; सूर्य, ग्रह, नक्षत्र; पृथ्वी, धरती; गोलक, गोलाकार वस्तु; (श० र० शा०) अक्षिगोलक, आँखका ढेला, ढेला, ढेंढ, ढेंट; शीशेका पात्र जिसकी आकृति गोलाकार हो; सुवर्णगोलक (सम्राट् या राजाका प्रतीक); २. v.t. & i. गोलाकार बनाना या बनना; ~-fish गोलाकार मछली, फुल्लमत्स्य; ~-flower गोलकुसुम, गोल पीले फूलोंवाला एक पौधा; ~-trotter भू-पर्यटक; ~-trotting भूपर्यटन।

globoid n. & a. गोलाकार वस्तु, गोली; वर्तुल, मण्डलाकार, गोलाकार।

globose a. पिण्डाकार, वर्तुल, गोल, गोलाकार।

globosity n. पिण्डत्व, मण्डलत्व, वर्तुलता, गोलाई।

globular a. वर्तुलाकार, गोलिकाकार, गोलाकार, ग्लोब के आकारका, गोल; लघुशोणित गोलकोंसे निर्मित।

globularity n. मण्डलत्व, गोलाई; गोल शोणित कणयुक्तता।

globule n. गोलिका, वृत्त, गोल अणु, छोटा गोलक, बिन्दु या गोली, रवा, गोल दाना।

globulin n. आवर्तुलि; रक्तकणका मुख्य उपकरण, रक्तका श्वेत भाग, प्रोटीन जातीय पदार्थ, रक्तगोलिका, ग्लोब्यूलिन।

globy a. गोलकाकृति, भूमिगोलाकार, ग्लोबके आकारका।

glochidiate a. प्रलोमी, दो सिरोंवाले रोयेंसे युक्त।

glockenspiel n. हथौड़ीसे पत्तियोंपर बजनेवाला बाजा।

glome n. (फूलोंका) गोल शीर्ष, गोल सिर।

glomerate[1] a. (वन०, श० र० शा०) पिण्डीकृत, कांदुकीयित, मण्डलीकृत, गुच्छेदार, गोलमोल, इकट्ठा।

glomerate[2] v.t. गोलाकार बनाना, मण्डलीकृत करना।

glomeration n. मण्डलरूप, गोलीयन, एकत्र होकर गोल होनेकी क्रिया।

glomerule n. रक्त-ऊति-समूह, रक्त-वाहिनियाँ; खूनके पिण्ड; पुष्प-पिण्ड, गुच्छा।

gloom[1] n. अस्पष्टता; अन्धकार, धुँधलापन, अँधेरा; अवसाद, विषाद, नैराश्य, सूनापन, उदासी।

gloom[2] v.t. & i. अस्पष्ट या धुँधला करना; सांधकार करना या होना, मेघाच्छन्न करना या होना, घिर जाना; सूना या उदास कर देना, अँधेरा कर देना, उदासीसे घिर जाना, उदासी छा जाना; सविषाद होना, उदास होना या दिखायी देना, अवसन्न करना या होना; क्षुब्ध कर देना या होना; त्योरियाँ चढ़ाना, नाक भौं चढ़ाना।

gloominess n. अन्धकार, धुँधलापन, अँधेरा; अवसाद, चित्तोद्वेग, विषाद, उद्विग्नता, म्लानता, खेद, उदासी।

gloomy a. अप्रकाशित, अन्धकारपूर्ण, धुँधला; अवसाद-कर, उदासी लानेवाला; सविषाद, क्षुब्ध, उद्विग्न, खिन्न, असन्तुष्ट, उदास।

gloria n. एक चिकना रेशमी वस्त्र।

glorification n. यशः-ख्यापन, स्तुतिकथन, प्रशंसा, गुण-वर्णन, गुणकीर्तन, महिमागान।

glorified a. विभूतिमान्, वर्चस्वी, प्रशस्त।

glorify v.t. उच्च-प्रशंसा करना, आसमानपर चढ़ाना; दिव्य महिमासे युक्त करना, पूजना, दीप्तिमान् या यशस्वी बनाना, महिमामण्डित करना, शोभायुक्त करना, प्रकाश या प्रभायुक्त करना; गुण गाना, गौरवान्वित करना; सौन्दर्य या आकर्षण प्रदान करना, अधिक तेजस्वी बनाना; (*nothing more than a ~ied or glorification of a, cottage*)।

gloriole n. तेज, प्रभावलय, प्रभामण्डल।

glorious a. उल्लासपूर्ण, परमानन्दकर, चमत्कारपूर्ण, श्रेष्ठ, महत्, शोभायुक्त; शानदार (*a ~ view*); मान्य, प्रशस्त, कीर्तिकर, यशस्कर, सम्मानप्रद; प्रथित, सुप्रभ, यशस्वी, महिम, प्रतापी, तेजस्वी, कीर्तिमान्, वर्चस्वी, ख्यात; (बोल०) मधुनन्दित, मद्यपानसे आनन्दित, मदमत्त, मस्त।

gloriousness n. महत्ता, यशस्करता, कीर्तिकरता, सम्मानप्रदता, महिमा, तेजस्विता, महाशयता, ख्याति; मदमत्तता, मस्ती; उल्लासपूर्णता, परमानन्द।

glory[1] n. प्रभावलय, प्रभामण्डल, तेजोवलय (देवता या सन्तके सिर या मुखके चारों ओर); दिव्य ज्योति, द्युति, महत्ता, शोभा, महिमा, तेज, श्री, गौरव, अलौकिक सौन्दर्य; (*is his ~*); विशिष्ट वस्तु, भूषण या गर्वकी वस्तु, गर्वका विषय; ख्याति, प्रसिद्धि, कीर्ति, यश, सुनाम, नामवरी; प्रशंसा, स्तुति, धन्यवाद, वन्दना और धन्यवाद; ~-hole (ग्रा०) गन्दा कमरा, पात्र या दराज; *go to ~* परलोकगत होना, मर जाना; *send to ~* सुरधाम भेजना, वध करना, मार डालना।

glory[2] v. i. गर्व करना।

gloss[1] n. वाच्यान्तर, भाष्य, व्याख्या, वृत्ति, टीका; मध्य-पंक्तीय अनुवाद या टिप्पणियाँ, शब्दोंका कोष; पंक्तियोंके बीच या हाशियेपर लिखा हुआ अर्थ; किसीके शब्दोंकी अन्यथा व्याख्या या उद्धरण, किसीके कथनकी तोड़-मरोड़; २. v.t. & i. पादटिप्पणी या पार्श्वटिप्पणी लिखना; भाष्य या आलोचना करना; मूलमें व्याख्या-पंक्ति लगाना या जोड़ना; अन्यथा अर्थ करना, निराधार अर्थ करना, और का और अर्थ निकालना, गलत अर्थ करना।

gloss[2] १. n. चिकनाहट, चिकनाई; भ्रामक दृश्य, धोखा; बाह्यप्रभा, छवि, चमक-दमक, भड़क, ओप, मुलम्मा; २.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

v.t. विशदीकरण करना, विस्तार देना, चमकदार बनाना, चमक-दमक पैदा करना, मुलम्मा करना।

glossal a. जिह्वीय, जिह्वा-सम्बन्धी, जीभका।

glossalgia n. जिह्वा-शूल, जीभका दर्द।

glossarial a. कोषीय, कोषगत।

glossarist n. शब्द-संकलयिता, कोषलेखक।

glossary n. किसी ग्रन्थके कठिन शब्दोंकी वृत्ति, भाष्य, टिप्पणी, टीका, व्याख्यान, विवरण; शब्द-संग्रह, शब्द-संकलन, कड़े शब्दोंका विशिष्ट कोष, शब्दावलि।

glossator n. भाष्यकार, व्याख्याता, टीकाकार, टिप्पणीकार।

glosser n. भाष्यकार, व्याख्याकार, टीकाकार, वाच्यान्तरकार, पादटिप्पणीकर्ता; चिक्कण करनेवाला, चिकनानेवाला, पालिश करनेवाला।

glossiness n. बाह्यप्रभा, ओप, बाहरी चमक-दमक, पालिश।

glossitis n. जिह्वाकोप, जिह्वाशोथ, जिह्वाप्रदाह, जीभकी सूजन।

glossocele n. जिह्वाशोथ, जीभकी सूजन।

glossographer n. भाष्यकार, व्याख्याकार, टीकाकार, वाच्यान्तरकार, टिप्पणीकर्ता।

glossography n. भाष्य-रचना, व्याख्याकला, टीका-लेखन, आलोचना लिखना; पारिभाषिक शब्दकोश-रचना; जिह्वा-विज्ञान।

glossologist n. शब्द-विज्ञ।

glossology n. शब्द-विज्ञान।

glossophorous a. सजिह्व, जिह्वायुक्त, जीभवाला।

glossotomy n. जिह्वा-छेदन, जीभ काटकर अलग करना।

glossy a. चिकना; उज्ज्वल, चमकीला, चमकदार।

glottal, glottic aa. अलिजिह्वीय, प्रतिजिह्वा-सम्बन्धी।

glottis n. अलिजिह्वा, प्रतिजिह्वा, उपजिह्वा, स्वरयन्त्रमुख, कण्ठद्वार, घाँटी, घाँटीद्वार, काकल, कौवा, नरेटीके ऊपरी भागका मुँह।

glottology n. तुलनात्मक शब्द-विज्ञान।

Gloucester n. एक प्रकारका पनीर, ग्लॉस्टर; double ~ बढ़िया पनीर, उम्दा पनीर।

glout[1] n. अन्तःकोप, उद्विग्नता, उदासी।

glout[2] v. i. अन्तःकुपित होना, उद्विग्न होना, मलिन होना, उदास होना।

glove* १. n. हस्तप, हस्तत्राण, दस्ताना* (रेशम, ऊन, रुई, चमड़े आदिका, या पहले लोहेका); घूँसेबाजका दस्ताना; २. v.t. दस्ताना प्रदान करना या पहनाना; boxing-~ *or* the ~s घूँसेबाजका दस्ताना; ~-fight दस्ताने सहित मुक्केबाजी, घूँसेबाजी; ~-stretcher वह यन्त्र जिससे दस्तानेकी उँगलियाँ बढ़ाते हैं या जोड़ते हैं; *fit like a* ~ बिलकुल ठीक आना या फ़िट होना; *hand and* ~ चोली दामनका साथ; *take off the* ~*s* आस्तीन चढ़ाकर लड़ना, जोर-शोरसे विवाद या बहस करना; *throw down the* ~ चुनौती देना।

gloveless a. बे-दस्ताना।

glover n. दस्ताने बनानेवाला।

glow १. n. उत्तेजना, औत्सुक्य, आवेश, जोश; उद्दीप्ति, दीप्ति, तापोज्ज्वलता, विभा, प्रभा, चाकचिक्य, चमक-दमक; राग, अरुणिमा, लाली; २.v.i. उत्सुक होना, उत्तप्त होना; प्रज्वलित होना, दमकना, दहकना, उद्दीप्त होना, चमकना, लाल होना; ~-lamp विभा-दीप, बेतारका बिजलीका लैम्प; ~-worm खद्योत, दीपकीट, जुगनू।

glower v. i. नाक-भौं चढ़ाना, त्योरी चढ़ाना, तरेरना, गुरेरना; धमकाना, डाँटना, डपटना।

glowing a. विभायी, दीप्त, उज्ज्वल; मनोरम।

gloxinia n. अमेरिकी पौधा, ग्लौक्सिनिया।

gloze v.t. & i. चिकनी-चुपड़ी बातें करना, खुशामद करना, चापलूसी करना; दोषाच्छादन करना, दोष घटाना या कम करना, अण्ट-सण्ट समझा देना; विचार देना (प्रा०)।

glozer n. चाटुकार, चापलूस।

glucic a. मधुमीय, मधुम-सम्बन्धी, ग्लूकोससे सम्बन्धित।

glucinum n. विदूजा, एक प्रकारकी श्वेत धातु, बेरीलियम, ग्लूसीनियम।

glucose n. (रसा०) द्राक्षाशर्करा, मधुशर्करा, अंगूरकी चीनी, ग्लूकोस; मिष्ट, मधुम, शर्करावर्गकी कोई वस्तु।

glucosic a. मधुशर्करीय, अंगूरकी शक्करका।

glucosid n. = GLUCOSIDE.

glucoside n. मधुमेय, शर्करा (वन०)।

glue १. n. श्लेप, श्लेषण; सरेस, गोंद; चिपकनेवाली वस्तु (*fish* ~); २. v.t. संश्लिष्ट करना, सरेस आदिसे चिपकाना या जोड़ना; दृढ़तासे या जोरसे बन्द करना; ~-pot श्लेप-पात्र, गोंददानी, सरेस गलाने या पिघलानेका बर्तन।

gluey a. चिपकनेवाला, लसलसा, चिपचिपा।

glueyness n. चिपक, लस, चिपचिपाहट, लसलसापन।

gluish a. सरेसी, सरेस जैसा।

glum a. असन्तुष्ट, रुष्ट, अप्रसन्न, खिन्न, निराश, उदास।

glumaceous a. तुषयुक्त, छिलकेदार, भूसीदार।

glume n. (वन०) तुष, तुष-निपत्र, बुस-पत्र, दानेका छिलका, भूसी, चोकर, ग्लूम।

glumiferous a. तुषयुक्त फूलोंवाला, तूण या भूसीदार फूलोंवाला।

glumness n. रोष, क्षोभ, असन्तोष; नैराश्य, उदासी।

glumose a. तुषपूर्ण, छिलकेदार, भूसीवाला।

glumous a. = GLUMACEOUS.

glut १. n. बहुलता, प्राचुर्य, आधिक्य, अतिरेक, उद्रेक, भरमार; अध्यशन, अतितृप्ति, अतिभोजन; २. v.t. अतिमात्रामें भर देना, आकण्ठ भर देना; अध्यशन करना, भोजन करके लद जाना, बहुत खिलाना, ठूँस-ठूँसकर खिलाना, निगलना, ठूँसना, गटकना, भकोसना, (शा० या ला०); सामान या मालसे बाजारको भर देना

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

या पाट देना ।
glutaeus n. नितम्ब-पेशी, नितम्ब-मांसपेशी ।
gluteal a. नितम्ब-, नितम्ब-पेशी-सम्बन्धी ।
gluten n. गोधूम-सार, गेहूँका सत, श्वितिके धुल जानेपर आटेका लसदार भाग, मावा; आश्लेप, चिपचिपी वस्तु; जानवरका लसदार द्रव ।
glutinate v.t. आश्लिष्ट करना, सरेशसे जोड़ना ।
glutinative a. आश्लिषिमत् , लसदार, चिपचिपा ।
glutinize v. i. लसदार या चिपचिपा बनाना या होना ।
glutinosity n. लस, चिपचिपाहट ।
glutinous a. स्निग्ध, आश्लिषिमत् , लसदार, लसलसा, चिपचिपा ।
glutton n. अघर; घसर, भक्षक, औदरिक, उदरंभरि, बहुभोजी, अत्याहारी, बड़ा खानेवाला, पेटू, बड़पेटा, खाऊ; कर्मण्य, कर्मपरायण, कर्तव्यनिष्ठ, कर्मनिष्ठ, कामकाजी (~ *for work*); स्वाध्यायप्रेमी, ग्रन्थप्रिय, पुस्तकरसिक (~ *of books*); ईहामृग, नकुलजातीय एक जंगली मांसाहारी जानवर ।
gluttonish a. = GLUTTONOUS.
gluttonize v. i. पेटूके समान खाना, भरपेट खाना ।
gluttonous a. अत्याहारी, बहुभक्षी, पेटू, खाऊ ।
gluttony n. घसरता, गृध्नुता, अत्याहार, अतिभोजिता, पेटूपन ।
glycaemia n. रक्तशर्करा ।
glycerate n. (रसा०) ग्लिसरीनमें किसी तत्त्वका मिश्रण, ग्लिसरीन क्षारका लवण ।
glyceric a. मधुरीय, ग्लिसरीनसे लिया हुआ या तत्सम्बन्धी, ग्लिसरीनका, ग्लिसरी ।
glyceride n. मधुरेय, ग्लिसरीनका सम्मिश्रण या संयोजन ।
glycerinate v.t. ग्लिसरीनका व्यवहार या प्रयोग करना ।
glycerine, -in n. एक प्रकारका वर्णहीन मधुर द्रव, मधुरी, ग्लिसरीन ।
glycerol n. मधुरव, ग्लिसरोल ।
glyceryl n. मधुरल, ग्लिसरीनका एक सम्मिश्रण ।
glycogen n., **glycognic** a. (रसा०) मधुजन, जैवश्वेतसार, प्राणिज-शर्करा, ग्लाइकोजन ।
glycogenesis n. मधुजनन, रासायनिक ढंगसे ग्लूकोस बनानेका कार्य या स्थिति ।
glyconic a. चार चरणोंवाले लैटिन छन्दसे सम्बन्धित ।
glycosuria n. मधुमेहता, मूत्रशर्करा ।
glyph n. उत्कीर्णन, ऊर्ध्वोत्क्षेप, ऊपरकी ओर खड़ा उभार, नक्काशी ।
glyphic[1] n. मिस्र-लिपि, चित्र-लिपि ।
glyphic[2] a. मिस्र-लिपीय, चित्र-लिपि-सम्बन्धी; उत्कीर्ण, खुदा हुआ ।
glyphograph[1] n. उत्कीर्ण-फलक, समुत्किरण-पाटी; उत्कीर्ण-फलकसे छपाई, विद्युत् द्वारा नक्काशी ।
glyphograph[2] v.t. & i. उत्कीर्ण-लेखन, समुत्कीर्ण चित्रण ।
glyphographer n. उत्कीर्णविद्, समुत्किरण-वेत्ता; उत्कीर्णक, नक्काश ।
glyphography n. उत्कीर्णन, समुत्किरण, खुदाई ।
glyptic a. समुत्किरण-सम्बन्धी, (मणियोंपर) खुदाई-सम्बन्धी, नक्काशीका ।
glyptics n. उत्किरणकला, नक्काशी ।
glyptodon n. पूर्ववर्मि, एक प्रकारका विलुप्त दीर्घकाय पशु ।
glyptography n. मणि-तक्षण, जवाहरातकी खुदाईकी कला ।
glyptology n. उत्कीर्ण रत्न-विज्ञान ।
glyptotheca n. मूर्त्तिकर्म-कक्ष, मूर्त्तिकला-भवन ।
G-man ⊙ a. (ग्रा०) संघीय अपराध-अन्वेषण अधिकारी ।
gnar v.i. = GNARL[2].
gnarl[1] n. काष्ठग्रन्थि, लकड़ीमेंकी गाँठ ।
gnarl[2] v. i. घुर्राना, गरजना, दहाड़ना; चीखना ।
gnarled, gnarly aa. ग्रन्थिल, ग्रन्थिमय, असम, विषम, पेंचदार, गठीला, गाँठदार, गिल्टीदार, बलदार, खुरदरा ।
gnash v.t. & i. दाँत पीसना; दाँत किटकिटाना, दाँत कटकटाना ।
gnashing n. अत्यन्त क्रुद्ध होना, दाँत पीसना ।
gnat n. दंश, पिस्सू, कुटकी; क्षुद्र या तुच्छ वस्तु; सामान्य पीड़ा; *strain at* ~ छोटी-छोटी बातकी चिन्ता करना; ~s *swallow a camel* देखैको नन्हीं लीलैको धन्नी ।
gnathic a. हनुविषयक, दाढ़-सम्बन्धी ।
gnathism n. हनु-रचना, ऊपरी दाढ़की बनावट ।
gnathitis n. हनुदाह, ऊपरी दाढ़की सूजन; कपोल-प्रदाह, गालकी सूजन ।
gnathonic a. मिथ्या-प्रशंसक, चाटुकार, चापलूस ।
gnathostomatous a. हनुयुक्त मुँहवाला, जबड़ेदार मुँहवाला ।
gnatty a. दंशयुक्त, डाँसवाला, मच्छरोंवाला, कुटकीसे भरा हुआ ।
gnaw v.t. & i. चर्वण करना, कुतरना, काटना, निरन्तर चबाते रहना; (intr. भी *at, into* के साथ); यन्त्रणा देना, क्रमशः या लवशः क्षय करना, घुनकी तरह लगना, घुलाना, निखुटना (नाशक वस्तु, पीड़ा आदिका) ।
gnawer n. कुतरनेवाला पशु ।
gnawing n. चर्वण, रदन, कर्तन, कुतरना, कतरना, चबाना, काटना ।
gneiss n. (भूगर्भ०) पट्टिताश्म, अनुस्तर, अबरककी तह, अबरक आदिकी चट्टान, नाइस जम्बुर, ग्नाइस ।
gneissic a. पट्टिताश्मीय, अनुस्तरीय ।
gneissoid a. पट्टिताश्मीय, पट्टिताश्म-रूप, अनुस्तरीय अबरककी चट्टान जैसा ।
gneissose a. पट्टिताश्मीय, अनुस्तरगुणीय, अनुस्तरीय, अबरककी विशेषताओंसे युक्त ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

gneissy a. अनुस्तरगुणीय, अनुस्तर-विशिष्ट ।

gnome[1] n. सूत्र, वाक्य, कथन, वचन, कहावत ।

gnome[2] n. पृथ्वीके खजानेका रक्षक बौना प्रेत, नोम ।

gnomic a. सूत्रमय, संक्षिप्त, सूत्र-सम्बन्धी ।

gnomish n. बौना, नोम जैसा, नोमसदृश ।

gnomology n. सिद्धान्त-संग्रह, सिद्धान्त-कलाप, सिद्धान्त-ग्रन्थ; सिद्धान्त-सम्बन्धी रचना ।

gnomon n. छायाशंकु, धूपघड़ीका शंकु या काँटा आदि; शंकुक्षेत्र, ज्यामितीय आकृति; याम्योत्तर दक्षिणोत्तरांशका स्तम्भ; धूपघड़ीका दण्ड ।

gnomonic, -cal aa. शंकुक्षेत्र-सम्बन्धी, धूपघड़ीकी सुई या दण्डसे सम्बन्धित ।

gnomonics n. छायाशंकु-विज्ञान, सूर्य-घड़ीकी कीलकी कला ।

gnosiology n. ज्ञान-शास्त्र ।

gnosis n. आत्मिक ज्ञान; ज्ञानवाद, ईसाइयोंके एक सम्प्रदायका मत या मान्यता या सिद्धान्त ।

gnostic १. n. (प्रायः pl. *gnostics*) प्राचीन ज्ञानवादी ईसाई व्यक्ति; २. a. ज्ञानात्मक, ज्ञान-सम्बन्धी; आध्यात्मिक ज्ञानसम्पन्न; रहस्यवादी, नॉस्टिक सम्प्रदाय सम्बन्धी ।

gnosticism n. ज्ञेयवाद, नॉस्टिक सम्प्रदायका सिद्धान्त ।

gnosticize v.t. & i. नॉस्टिक बनना या बनाना ।

gnu n. वृषहरिण, बैल-जैसा मृगविशेष, नू, कुरंग, नू ।

go[1] n. प्रयाण, गमन; घटना; चाल, ढंग; स्फूर्ति, साहस, उत्साह, उमंग, धैर्य; उन्मुखता, कुछ करनेकी चेष्टा (*have a ~ at*); शराब या खानेका एक दौर; कठिनाई, उलझन, गड़बड़, बेढब बात, मुश्किल (*here's a ~!*); क्रिबेज (ताशका खेलविशेष)-खिलाड़ीकी कोई पत्ता न खेल सकनेकी स्थिति; *all* or *quite the* ~ (बोल०) प्रचलित प्रथा या फैशनके अनुकूल; *it is no* ~ (बोल०) कुछ नहीं हो सकता; *near* ~ (बोल०) होते-होते रह जाना, बाल-बाल बचना; *on the* ~ गतिमय, गतिमें, चलचलाव या गिरावटकी दशामें ।

go[2]* १. v.i. जाना*, मार्ग होना (*which way ~es to Bristol*); भ्रमण करना, आगे बढ़ना, यात्रा करना, सफर करना (*~ easy*); प्रयाण करना, प्रस्थान करना, चलना, कूच करना, रवाना होना, रुखसत होना; विशेष प्रकारकी गति करना (*~ like this with your left foot*); (घण्टी, बजती हुई घड़ी या घण्टा, तोप आदि; ध्वनियोंके *intersections* के साथ भी जैसे *~ bang, crack*) बजना; (रेखा आदिका) संकेत करना, दशाविशेषमें स्थित होना (*~ hungry in rags*); चलना, चालू होना, काम देना (*clock does not ~ well*); अनुसरण या अनुकरण करना, किसी वस्तुके आधारपर निर्णय करना या कार्य करना, अनुगमन करना (*a good rule to~ by*); दौड़ शुरू करना, (~! दौड़ आरम्भ करनेवालेका संकेत शब्द); (समयका) बीत जाना, गुजर जाना; (चुनाव आदि) अनुकूल या प्रतिकूल होना; (घटनाओंका) परिणाम होना, नतीजा निकलना (अच्छा बुरा आदि); (निर्वाचनमें, राजनीतिज्ञ या मतदाताका) निश्चित मार्ग या विचार ग्रहण करना (*~es without saying*); औसत होना (*is a good actor as actors ~ nowadays*); ज्ञात या विदित होना, ख्यात होना, प्रसिद्ध होना, प्रचलित होना, चालू होना, (*the sovereign went anywhere*); (पद्य, गानका) तान या लयके अनुकूल होना; (प्रलेख या दस्तावेज आदिका) अवधिके अन्दर होना, चलनसार होना, जारी होना; विफल होना, हार जाना, समाप्त हो जाना, फट जाना, टूट जाना; बच निकलना (दण्ड आदिसे); मर जाना, सिधारना (*~ the way of all the earth*); बिकना (*~ cheap for £16* etc.); उन्मूलित होना, परित्यक्त या अलग होना, गिर जाना (*next wicket went for nothing*); (रुपया) व्यय हो जाना (प्रायः किताब आदिमें); घटना, विभाजित होना, विभक्त करना (*6 into 12 ~es twice, into 5 will not ~*); समाना, घुसना, डूबना, धँसना (*ship went to the bottom*); आनन्दोत्सव करना, सूचनार्थ जाना, तीर्थयात्रापर चलना; करनेके लिए बढ़ना (*went to find him*); कर बैठना या कर गुजरना; कार्यको सीमाविशेषतक पहुँचाना (*went all lengths*); युद्ध करना, लड़ाई छेड़ना (*~ to war*); प्रतिभूति देना, जमानत देना; होना, बनना, (*~ brown, blind, mad*); किसी आलमारी या खाने आदिमें होना; फैलना, बढ़ना, पहुँचना (*the difference ~es deep*); प्रदर्शक या दिखानेवाला होना; पूरा होना, परिणामकारी होना, उद्देश्यसाधक होना (*12 inches ~ to the foot*); दिया जाना, हिस्सेमें आना, बाँटमें पड़ना (उत्तराधिकार, विजयलक्ष्मी; पुरस्कार, पद आदि); २. v.t. घोषित करना, बाजी बोलना; ~-ahead साहसी, जीवटवाला; ~-as-you-please निरंकुश, स्वतन्त्र, मुक्त, अनियन्त्रित; ~-between मध्यस्थ, पंच, दलाल, बिचौलिया; कुट्टनी; ~-by निर्गम, पलायन (प्रायः *give the ~-by to* उपेक्षा करना, हराना, घटा देना, काटना; पिछाड़ देना, पीछे छोड़ जाना); ~-cart बच्चोंको चलना सिखानेकी गाड़ी, गड़ोलना; ~-getter⊙ धकियानेवाला आदमी; ~-off प्रयाण, प्रस्थान, आरम्भ (प्रायः *at the first ~ off*); ~-to-meeting (कपड़े, हैट आदि) पहननेके या गिर्जे जानेके; *a ~ing concern* उन्नतिशील उद्योग-धन्धा; *case ~es by default* अभियोग अनुपस्थित पक्षके विरुद्ध चल रहा है; *~ about* कोई काम आरम्भ करना, शुरू करना; *~ about* उद्योग करना, चेष्टा करना; भटकना, मारा-मारा फिरना; *~ ahead* बेझिझक कोई काम करना या बढ़ना; *~ aside* एकान्तमें चले जाना; भूल करना; *~ astray* भटकना; *~ at* बलपूर्वक हाथमें ले लेना, आक्रमण करना, पीछे पड़ जाना, पिल पड़ना, जोर-शोरसे करना; *~ away back*⊙ पीछे रहना, पीछे हो जाना; *~ back from* or *upon* one's *words* वचनभंग करना, बात तोड़ना; *~ behind* (निर्णय आदि) जड़की

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

बात सोचना, तहतक पहुँचना; ~ *down* यूनिवर्सिटी छोड़ना; स्वीकार कर लिया जाना; निगल जाना; लिखित होना; विजेता द्वारा विजित होना; डूबना (जहाजका); उतरना, नीचे पहुँचना; ~*es a long way* बहुत अधिक चलता है या चलनसार या टिकाऊ है (आहार, रुपया-पैसा आदि); ~ *fetch* कुत्तोंको शिकारके लिए आदेश पद, सुसकी, सुसकारी; ~ *for* प्राप्तिके लिए प्रयत्न करना, उपलब्धिके लिए चेष्टा करना; (ग्रा०) आक्रमण करना; व्यर्थ या तुच्छ समझकर जाने देना, तुच्छ या बेकार समझा जाना; ढूँढ़ने जाना; ~ *for nothing* विफल होना, व्यर्थ जाना; ~ *halves* or *shares* आपसमें आधा-आधा बाँट लेना; ~ *hot and cold* लज्जारुण हो जाना, लज्जासे पानी-पानी हो जाना; अत्यधिक ज्वरग्रस्त होना; ~ *in* प्रतियोगिता करना, प्रतियोगीके रूपमें प्रविष्ट होना; (सूर्य आदिका) मेघाच्छन्न होना; (क्रिकेट) रनिंग शुरू करना; ~ *in and win* प्रतियोगितामें जाओ और विजय प्राप्त करो; ~ *in for* दत्तचित्त होना, लग जाना, ग्रहण करना; ~*ing* ! *gone* ! नीलामकी अन्तिम बोलीकी चेतावनी; ~*ing on for* (युग या समय विशेषके) निकट, समीप, लगभग; ~*ing strong* उन्नतिशील, आगे बढ़नेवाला, जोर-शोरसे चल रहा है; ~ *into* (शोक-व्यंजक) कपड़े धारण करना; अन्वेषण या अनुसन्धान करना; विक्षिप्त होना, सनकना; सहयोगी होना, भाग लेना, हिस्सा लेना, हाथ बँटाना; प्रवेश करना (संसद्, व्यवसायमें); मिलना-जुलना (समाजमें); ~ *it* (ग्रा०) वेगपूर्वक करना, दृढ़तापूर्वक करना, विलास या ऐयाशी करना; ~ *native* गोरेका काले व्यक्तिकी असभ्य जीवनधाराका अपना लेना; *gone* (प्रायः *dead & gone*) मर गया, चल बसा, गुजर गया; *gone on* (ग्रा०) लुब्ध, मुग्ध, आसक्त, लट्टू; ~ *off* बेचकर छुट्टी पा लेना; मूर्च्छित या बेहोश होना, नींदमें अचेत हो जाना, बदतर हो जाना, बिगड़ जाना; (अभिनेताका) रंगमंचसे प्रस्थान करना, आरम्भ करना; मरना, मर जाना; विस्फोट होना, छूटना; अच्छी तरह सफल होना (~ *off well*), बुरी तरह विफल होना (~ *off badly*); ~ *on* हिसाबमें लिखा जाना, मदमें होना, जिम्मे होना; ~ *on* अडिग या दृढ़ रहना, चालू रहना, जारी रखना, जारी रहना; लज्जाजनक आचरण करना; रंगमंच या स्टेजपर आना (अभिनेताका); उन्मुख होना, प्रवृत्त होना, ध्यान देना (एकके बाद दूसरे कामकी ओर); व्यंग्य करना, बोली मारना, तानाजनी करना (बोल०); बालिंग शुरू करना; अपनी बारीका काम करना, (बोल० *in imperat.*) बेकारकी बकबक बन्द करो; ~ *out* निकलना, बाहर जाना (घर या कमरेसे); (सरकारी) कार्यालय या पद छोड़ना, चलना; बुझ जाना, गुल होना, द्वन्द्वयुद्ध करना; (हृदय आदिका) विस्तृत हो जाना, विशद हो जाना, प्रेमसे खुल जाना, प्रेमकी उमंग उठना; किसी उपनिवेशके लिए प्रस्थान करना, उपनिवेशमें जाना; नौकरी या कामका घर छोड़ना; रिवाज न रहना, फैशन उठ जाना, छोड़ना; (मजदूरोंका) काम छोड़ देना, हड़ताल कर देना; समाजमें उठना-बैठना या मिलना-जुलना; ~ *over* ब्यौरोंका परीक्षण-निरीक्षण करना, संशोधन करना, सुधारना, दुहराना, नये सिरेसे करना; ~ *over* मत या दलका परिवर्तन करना; ~ *over the top* or *bags* (सेना) शत्रुपर आक्रमण या धावा करनेके लिए खाईसे निकलना; ~ *phut* (ग्रा०) नष्ट हो जाना; बैठ जाना, बर्बाद हो जाना; ~ *round* सबके लिए किफायत करना (खाने आदिकी), सबको पहुँच या अट जाना; अनौपचारिक भेंटके लिए जाना; घेरेमें लानेके लिए बहुत लम्बा होना; ~ *sick* रोगाक्रान्त होना, बीमार होना; ~ *through* परीक्षण करना, विशद विचार करना; पार करना, पूरा करना; करना (उत्सव, पाठ); (किसी पुस्तकके अनेक संस्करण) निकल जाना, बिक जाना; सहना, बरदाश्त करना; ~ *through with* पूर्ण करना, समाप्त करना, पूरा करना; ~ *to* (ग्रा०) बस, रहने भी दो; ~ *to Canossa* धृष्टताके बाद नम्र होना; ~ *to Jericho, Bath, blazes, hell* आँखकी ओट हो जा, आँखसे ओझल हो जा, सामनेसे चला जा, परे हट जा; ~ *to one's heart* कष्टकर होना, कष्ट पहुँचाना; ~ *to pieces* टुकड़े-टुकड़े हो जाना, चिथड़े उड़ जाना; ~ *to sea* नाविकका पेशा ग्रहण करना; ~ *to the country* सामान्य निर्वाचन द्वारा देशका विचार जगाना; ~ *under* विफल होना, परास्त होना, बरबाद होना, डूबना; ~ *up the line* सेनाका केन्द्रसे आक्रमण-पंक्तिपर जाना; ~ *west* (ग्रा०) (सेना०) मरना, मारा जाना, दखिखन जाना; ~ *with* एकमत या समान विचारका होना, अनुगुण या अनुरूप होना, जोड़ होना; साथ देना, साथ रहना; ~ *without* वंचित होना, काम चला लेना (बिना किसी वस्तुके); ~ *without saying* निर्विवाद होना, स्पष्ट होना; ~ *with tide* or *times* समय-प्रवाहके अनुकूल रहना या चलना; जमानेकी हवाके रुखपर चलना; *have been gone and done it* (ग्रा०) बड़ी भूल कर दी।

goad १. n. अंकुश, आँकुस, पैना, कजक; उत्तेजक, समुत्तेजक, प्रेरक, स्फूर्तिकारक (साधन या वस्तु); २. v.t. आँकुस या पैना चुभोना; प्रेरित करना, उत्तेजित करना, उभाड़ना, बढ़ावा देना, उकसाना; असन्तुष्ट या रुष्ट करना, चिढ़ाना।

goaf n. (खानमें) खुदा हुआ स्थान; रद्दी खनिज।

goal n. दो खम्भोंकी मध्यवर्ती दूरी, गोल (फुटबाल आदिमें), एक बारकी जीत (*score a* ~); लक्ष्य, उद्देश्य, अभिप्राय, गन्तव्य, मंजिल; दौड़की सीमा, पाला; घुड़दौड़की अन्तिम सीमा; महत्वाकांक्षा या प्रयत्नका लक्ष्य; (प्रा० रोम०) वह स्तम्भ जो रथदौड़-प्रतियोगितामें हर मोड़पर होता था; ~keeper गोलका रक्षक, गोलकीपर; ~-line, ~-post.

goalie n. = GOAL-KEEPER.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

goat* n. छाग, बकरी*, बकरा; pl. छाग-प्रजाति, वह प्रजाति जिससे बकरे सम्बद्ध हैं; व्यभिचारी, दुराचारी व्यक्ति; मकर राशिचक्र-सम्बन्धी प्रतीक; ~herd अजपाल, जावाल, गड़रिया, बकरियाँ चरानेवाला; ~sucker अजखंजन, एक रात्रिचर पक्षी; the ~s and the sheep धर्मी-विधर्मी, अच्छे-बुरे; ~-antelope ~-bearded, ~ blood virus, ~-drunk, ~-eyed, ~-fat, ~-fever, ~fish, ~-footed, ~-headed, ~-hoofed, ~-horned, ~-kneed, ~land, ~-milker, ~-moth, ~ pepper, ~'s beam, ~'s bladder, ~'s-foot creeper, ~'s hair, ~skin, ~'s-rue, ~stone, ~ tissue virus, ~-toothed, ~ virus production, ~ willow.

goatee n. बकरेकी-सी दाढ़ी, कुच्ची दाढ़ी, बुच्ची दाढ़ी।

goatish, goaty aa. बकरे-जैसा, कामी, लम्पट।

goatishness n. बकरापन; कामुकता।

goatling n. अजा-शावक, बकरीका बच्चा।

gob[1] १. n. राल, थूक, खखार; चिपचिपी वस्तु, लुआबदार वस्तु जैसे थूक; २. v. i. थूकना।

gob[2] n. (ग्रा०) ⊙ नाविक।

gobang n. एक जापानी खेल जो बिसातपर खेला जाता है, गोबंग।

gobbet n. ग्रास, कौर; खंड, किसी रचनासे व्याख्या या अनुवादके लिए अनुच्छेद, प्रस्तुत अंश।

gobbing n. (खनि०) खुदाईके बाद खानमें बचा हुआ कोयला।

gobble[1] n. (गॉफके खेलमें) ऐसा हाथ जिससे गेंद सीधा सूराखमें पहुँच जाय।

gobble[2] v.t. & i. जल्दी-जल्दी खाना, चपड़-चपड़ करके खाना, हड़प कर जाना, निगलना, भकोसना, गटकना, ढकोसना।

gobble[3] v.i. (अनु०) (तुर्की मुर्ग या फील मुर्ग) बाँग देना, बोलना; क्रोधकी दशामें इस प्रकारकी ध्वनि करना, गलगलाना।

gobbler[1] n. भकोसनेवाला, भुक्खड़, पेटू, खाऊ, ढकोसनेवाला।

gobbler[2] ⊙ n. पीलू, तुर्की मुर्ग, फील मुर्ग।

gobelin a. गाबलिन कारखानेका बना हुआ या गाबलिन कारखानेका (पेरिसका राजकीय कारखाना); ~ tapestry गाबलिन कारखानेका बना हुआ या उसकी नकलपर बना हुआ दोसूती किस्मका कपड़ा।

gobemouche n. विश्वासशील व्यक्ति, रोमांचकारी गप्पी।

goblet n. (प्रा०) कटोरा, धातु या शीशेका चषक, प्याला; (वाणिज्य०) पेंदेदार गिलास; (का०) पानपात्र।

goblin n. बैताल, राक्षस, पिशाच, प्रेत, भूतना, भूत, गॉबलिन।

goby n. वैसारिण, प्रथशीर्षा, मत्स्यविशेष, गोबी।

god[1], **G-** n. ईश्वर, देव, देवता; प्रतीक, प्रतिमा; मूर्त्ति, प्रतिमा, ऐसी वस्तु जिसकी दिव्य सत्ताके प्रतीकरूपमें पूजाकी जाय; (नाटक, pl.) गैलरीमें बैठनेवाले दर्शक; परमेश्वर, स्रष्टा और नियन्ता, परमात्मा (*Almighty G~*); प्रार्थना या अभिशाप (*G~ bless you !* विस्मयबोधक); विख्यात, प्रभावशाली या सम्मानित व्यक्ति; ~child, ~daughter, ~son धर्मशिशु, धर्मपुत्री, धर्मपुत्र; ~-father अपने नामपर किसीका नाम रखना, उत्तरदायी होना, जिम्मेदार होना; ~father, mother, ~-parent (बप्तिस्मा देनेवाला) धर्मपिता, धर्ममाता, धार्मिक माँ-बाप, धर्म बापू या बाबू, धर्म-अम्मा या अम्मा; वह व्यक्ति जिसके नामपर किसी व्यक्ति या वस्तुका नाम रखा जाय, ~fearing दैवभीरु, धर्मभीरु; ~-forsaken अभागा, निरर्थक, गुणशून्य, गुणरहित, शून्य, सूना, उदास (what a ~forsaken hole); ~-gifted प्रतिभा-सम्पन्न; G~man ईसामसीह; G~'s-acre (जर्मन अनु०) गिर्जेका समाधिस्थान, कब्रिस्तान; G~'s book बाइबिल; ~send अप्रत्याशित सौभाग्य, ईश्वर-दया, ईश्वरीय दान; ~speed उन्नति, सफलता, यात्रा या जोखिमके काममें किसीके लिए मंगल कामना (*G~ speed you !*); G~'s truth निरपेक्ष सत्य, ईश्वरीय सत्य; G~ the Father, Son, Holy Ghost धर्मत्रयी, पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा; under ~ पृथ्वीका देवता, मनुष्य; *G~ grant* ! ईश्वर ने चाहा; *G~ knows* ईश्वर जानता है, राम जाने; *~ of day* सूर्य, सविता; *~ of fire* अग्नि, वल्कन; *~ of heaven* स्वर्गका अधिष्ठाता, बृहस्पति; *~ of hell* नरकका अधिष्ठाता, प्लूटो; *~ of love, blind* ~ प्रेमका देवता, काम, क्युपिड; *~ of the sea* समुद्रका देव, वरुण, नेपच्यून; *~ of war* युद्धका देवता, मंगल; *~ of wine* मदिराका देवता, बैकस; *G~willing* ईश्वरने चाहा तो; *oh, my, good, ~* हे भगवान् (क्रोध, कष्ट, खेदकी व्यंजनाके लिए)।

god[2] v.t. (कृदन्त *-dd-*) देवता बनाना या कर देना; *~ it* देवता बना देना।

goddess n. देवी; मान्या, पूजिता स्त्री; ~ of corn कृषिकी देवी, सीरीज; ~ of heaven स्वर्गकी देवी, जूनो; ~ of love प्रेमकी देवी, रति, वीनस; ~ of moon चन्द्रकी देवी, डायना; ~ of war युद्धकी देवी, बेलोना; ~ of wisdom बुद्धिकी देवी, सरस्वती, मिनर्वा।

godet n. (दस्ताने इत्या०को चौड़ा करनेके लिए) स्फान, फाण, फन्नी, पच्चर।

godhead n. देवत्व या ईश्वरत्व, दिव्य प्रकृति; *the ~* ईश्वर, देवी-देवता।

godhood n. देवत्व।

godless a. नास्तिक, निरीश्वर; देवरहित, बिना देवताका; दुरात्मा, दुष्ट, नीच।

godlessness n. नास्तिकता, निरीश्वरता; देव-राहित्य, बिना देवताका होना।

godlike a. देवतुल्य, देवोपम, ईश्वरतुल्य, दिव्य, देवोचित, ईश्वरीय।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

godliness n. शुद्धता, धार्मिकता, भक्तिमत्ता ।

godly a. शुद्ध, पवित्र, धर्मात्मा, धर्मस्नेही, धर्मपरायण, भक्तिमान् ।

godown n. भाण्डागार, भण्डार, कोठार, गोदाम, मालगोदाम;
~ clerk, ~ keeper, ~ returns, ~ superintendent.

godroon n. गडरून (एक आभूषणविशेष) ।

godship n. देवत्व ।

godward a. & adv. देवार्पित,ईश्वरोन्मुख,ईश्वरकी ओर ।

godwards adv. ईश्वरोन्मुख, ईश्वरकी ओर ।

godwit n. आरामुखी, दीर्घचंचुकी, दलदलोंमें रहनेवाला पक्षी, गोडविट ।

goer n. मध्यस्थ, चलनेवाला ।

Goethian n. गेटेवादी, गेटेका अनुयायी ।

gofer, gaufre n. मधुछत्तेकी आकृतिका पतला केक, गोफर ।

gof(f)er, gopher, gauffer १. n. सजावटकी पलेटें जो झालर आदिमें डाली जाती हैं, पलेटें आदि डालनेकी सलाइयाँ; २. v.t. पलेटें डालना (लेसके किनारों, चुन्नट आदिमें), गर्म सलाखोंसे लहरें डालना या नालियाँ बनाना; *~ed edges* (किताबके) उभरवाँ किनारे ।

goffering n. (गरम लोहेसे) किनारीमें झालर बनानेका काम (*~ iron*) ।

goggle १. n. pl (ग्रा०) चौखूँटे शीशेका चश्मा; बड़ा चश्मा, धूपका चश्मा, गॉगल; भेड़ोंकी घुमरी नामक बीमारी; २. v.t. & i. बाहर निकालना (आँखोंका), (आँखें) इधर-उधर फिराना; ३. a. (आँख) घूमती हुई, फिरती हुई, उभरी हुई, उभरवाँ, ऊगलवाँ ।

goglet a. सुराही, झज्झर ।

Goidelic n. & a. गील या कैल्टी जातिका (व्यक्ति, वस्तु आदि) ।

going n. गमन, चाल आदि क्रियागत अर्थोंमें; प्राप्य, विद्यमान, उपलब्ध, (*one of the best fellows ~*); उन्नतिशील, चालू (*~ concern*), चलता; घुड़सवारी या टहलने आदिके लिए भूमिकी स्थिति या दशा, *~ forth* निकास, सीमा; *~ out* अन्त; यात्रा; *~s-on* आचरण, व्यवहार, कार्यपद्धति, चलावा ।

goitre n. गलगण्ड, गण्डमाला, घेघा ।

goitred a. गलगण्डका रोगी, घेघेदार ।

goitrous a. गलगण्डसे आक्रान्त, गलगण्ड-सा, गलगण्डका (क्षेत्र), घेघहा ।

Golconda n. धनकी खान (शा० या ला०) ।

gold* १. n. कंचन, स्वर्ण, सुवर्ण, सोना*; स्वर्णमुद्रा, सम्पत्ति, लक्ष्मी, धन; सुनहला रंग, सोनेका रंग; सोनेका पानी, सोनेका झोल, सोनेका मुलम्मा; अमूल्य, तेजस्वी या सुन्दर पदार्थ या वस्तु आदि (*a heart of ~*); बाण-चालनका लक्ष्य, तीरन्दाजीकी चाँदमारी; २. a. सुनहले रंगका; (मूल्यह्रासकी मुद्राके विषयमें) स्वर्णमुद्रा-मानयुक्त, स्वर्णमुद्रा-मानित; *~-beater* स्वर्णकुट्ट, स्वर्णपत्रकार, वर्कसाज, सोनेके वर्क बनानेवाला; जरकोब; *~-beater's skin* वर्कसाजीमें काम आनेवाली झिल्ली; चोटसे बचानेवाली झिल्ली; सोनेके पत्तरोंको अलगानेवाली झिल्ली; *~-digger* स्वर्णखनक, पुरुषोंसे रुपया झटक लेनेवाली स्त्री; *~ diggings* सोनेकी खान; *~-dust* स्वर्णधूलि, स्वर्णचूर्ण, बुक्का, सोनेका बुरादा; *~-fever* स्वर्णोन्माद, स्वर्ण-ज्वर, सोनेकी खोजका पागलपन; *~-field* स्वर्ण प्रदेश, सोनेकी खान, सोनेकी खदान; *~finch* स्वर्णचटक, एक गानेवाली चिड़िया, गोल्डफिंच; स्वर्णमुद्रा, गिन्नी, अशर्फी; *~fish* स्वर्णमत्स्य, चीनकी लाल मछली; *~-foil* स्वर्ण-पत्र, सोनेका पत्तर; *~-leaf* स्वर्णपत्र, सोनेका वर्क; *~-mine* (शा० और ला०) धनका स्रोत, उद्गम और साधन; *~ plate* स्वर्णपात्र, स्वर्ण-पट्टण; *~-rush* सोनेकी नयी खानपर प्रवेश या भीड़, सोनेके लिए रेल-पेल; *~smith* स्वर्णकार, सुनार; *G~ Stick* अंगरक्षकोंके कर्नल या राजपार्षदोंके कप्तान द्वारा प्रयुक्त स्वर्णदण्ड (जो विशेष उत्सवोंके लिए बना होता है); *all's not ~ that glitters* रंग-रूपपर मत जाओ; *pure ~ does not fear the flame* साँचको आँच नहीं;
~ amalgam, *~* backing, *~*-banded, *~*-beater's knife, *~*-beating, *~* beryl, *~* bloc, *~*-bond, *~*-bound, *~*-brained, *~*-breasted, *~* bright, *~*-broidered, *~* bronze, *~* brown, *~*bug, *~* bullion, *~* bullion standard, *~* certificate, *~* chloride, *~* clause, *~* cloth, *~* coin, *~* crest, *~*-crested, *~* currency, *~* currency standard, *~*-daubed, *~*-decked, *~*-edged, *~*-embossed, *~*-embroidered, *~* ends, *~* enwoven, *~* exchange, *~* export point, *~*-filled, *~* filling, *~*-framed, *~*-fringed, *~*-fronted, *~*-haired, *~* hammer, *~*head, *~*-headed, *~*-hilted, *~* import point, *~* inlaid, *~* lace, *~*-laced, *~*-laden, *~*-lit *~* mohur, *~* money, *~* monochloride, *~*-mounted, *~* nib, *~* nugget, *~* number, *~* ochre, *~* orange, *~* ornaments, *~* pheasant, *~*-plated, *~* point, *~* potassium bromide, *~* premium, *~* purple, *~* reserve, *~* reserve fund, *~* revenue, *~*-ribbed, *~*-rimmed, *~*-robed, *~* sodium chloride, *~* standard, *~*stone, *~*-striped, *~*-strung, *~*-studded, *~*tail, *~* thread, *~* tissue, *~*-using country, *~*-washer, *~*-water, *~*weed, *~*-winged, *~* wire, *~*work, *~*worker, *~*wrought, *~*-yellow.

golden a. स्वर्णिम, सुनहला; सुवर्णमय, स्वर्णप्रद स्वर्णद; हैम, सोनेका; महत्त्वपूर्ण, श्रेष्ठ, बहुमूल्य (*a ~ remedy*); *~ age* सतयुग, चार युगोंमेंसे प्रथम;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

स्वर्णयुग, सुवर्णकाल, राष्ट्र या साहित्यमें अतिशय सम्पन्नता या समृद्धिका युग; ~ balls गिरवी रखनेवालेकी दुकानका चिह्न या निशान; G~ Horn कुस्तुन्तुनियाका बन्दरगाह, बासफोरसका जलडमरुमध्य; ~ key निवारणके लिए व्यवहृत रुपया, रुपयेकी कुंजी, रुपया जिसके द्वारा सब कष्ट दूर की जाय; ~ mean मध्यपथ, मध्यम मार्ग, न बहुत ज्यादा न बहुत कम; ~ number चन्द्र-चक्रांक, एकसे उन्नीसतक चान्द्रवर्षकी वर्ष-संख्या, वह संख्या जो ईस्टरकी तारीख निकालनेमें प्रयुक्त होती है; ~ opinions अतिशय सम्मान या प्रतिष्ठा; ~-rod कनकशलाका, पौधाविशेष; ~ syrup स्वर्ण मिष्टोद, एक हलके पीले रंगका शर्बत, चाशनी; ~ wedding विवाहकी पचासवीं बरसगाँठ;

~ apple, ~-crested, ~ eagle, ~ fleece, ~ jubilee, ~ mole, ~ opinion, ~ rule, ~ sunshine, ~ yellow.

golden-eye n. समुद्री हंस।

goldilocks n. हेमकेश, वृक्षविशेष, गोल्डीलॉक्स।

golf १. n. गड्ढेमें गेंद फेंकनेका खेलविशेष, गॉल्फ, गॉफ; २. v. i. गॉफ खेलना; ~-club गॉफ परिषद या गॉल्फ; गॉल्फ खेलनेवालोंका डण्डा; ~-links गॉफका मैदान।

golfer n. गॉल्फ खेलनेवाला।

goliard n. व्यंग्य-लेखिका (मध्ययुगीन विद्यार्थी लेखिका)।

Goliath n. राक्षस, दानव, गोलियाथ।

golliwog n. हौवा, जू-जू; भयानक या अनोखी गुड़िया।

gollop v.t. & i. (लालचसे या जल्दीमें) निगल जाना, हड़प जाना, गटकना, भकोसना, सड़प जाना।

golly int. ईश्वर करे, ईश्वरकी शपथ।

golosh n. (जूतेको सुरक्षित रखनेके लिए) रबरका बरसाती जूता।

goluptious a. आनन्दपूर्ण, मनोरंजक; स्वादु।

gombeen n. ऋण-दान, महाजनी काम, सूदखोरी, उधार देना।

gombeenism n. ऋणदानाभ्यास, महाजनी धन्धा, उधार देनेका व्यवसाय।

gombroon n. गम्ब्रून (एक ईरानी मृत्पात्र)।

gomphiasis n. दन्तरोग, दन्तशैथिल्य (रोग जिसमें दाँत ढीले पड़ जाते हैं)।

gomuti n. ताल-त-तु, ताड़के महीन रेशे।

gonad n. जनन-ग्रन्थि, गोनद।

gonagra n. जानु-वातरक्त, घुटनेकी सूजन।

gonalgia n. जानु-पीड़ा, घुटनेका दर्द।

gondola n. विमान या हवाई जहाजके साथकी मोटरकार; तरिका, नाव, बजरा, गोंदोला।

gondolier n. नौकाचालक, माझी, केवट, गोंदोला-चालक, गोंदोला खेनेवाला।

gondou n. नासागण्ड, गण्ड।

gone a. *go* क्रियागत अर्थोंमें, गत, गया हुआ आदि (*a ~ man*); अतीत, व्यतीत, बीता हुआ (प्रायः *past and ~*); मृत, मरा हुआ।

goner n. (ग्रा०) गया बीता या गया-गुजरा आदमी।

gonfalon n. फरहरा, तीन फरहरेवाला इटलीका झण्डा, गोनफैलन।

gonfalonier n. ध्वजवाहक, झण्डा उठानेवाला; (इटलीके कुछ प्रजातन्त्र राज्योंका) दण्डाधीश, शासक, मैजिस्ट्रेट।

gong १. n. घण्टाबिम्ब; प्यालीके आकारकी घण्टी; घण्टा, घड़ियाल; २. v.t. (मोटर-यातायात नियामक पुलिसका) घण्टा बजाकर (मोटरचालकको) रोकने या ठहरनेका संकेत देना।

goniatite n. एक जीवाश्म।

goniometer n. कोणमान, गोनियामीटर।

goniometry n. कोण-मिति, कोणमाप।

gonococcus n. प्रमेहकीट, गोनोमेहाणु।

gonorrhoea n. शुक्रदोष, प्रमेह, सूजाक, गोनोमेह, गोनोरिया (छूतका एक गुप्त रोग)।

gonorrhoeal a. सूजाकी, गोनोरिया-सम्बन्धी।

gonotrophic a. जननपोषक।

good* १. a. (BETTER, BEST) सु-, सन्तोषजनक, उत्तम, सुन्दर, अच्छा* (*the ~ ship*); सच्चरित, साधुवृत्त, भद्र, नेक, भला (*~ men & true*); (शिष्टतापूर्ण, प्रोत्साहनमय, सव्यंग्य नम्रता या अधीरता-पूर्वक सम्बोधनमें जैसे *my ~ friend* या नम्र; अथवा घृणाव्यंजक वर्णनमें, जैसे, *your ~ lady*); उपयुक्त, उचित, समुचित, योग्य, युक्त, ठीक (*it is ~ to be here*); स्वास्थ्यकर, लाभकर, सुविधाजनक या सुखकर; प्रिय, वांछित, अनुकूल *~ news*; (इसी प्रकार मंगलाशा, शुभकामना या विदाईमें जैसे *~ morning*); सदाचारी, गुणी, गुणवान्, धर्मशील (विशे० बच्चा), सुचरित्र, सुचाली, सीधा, भोलाभाला, सीधा-सादा (प्रायः *as ~ as gold*); वदान्य, उदार, दयालु, सदय, दयामय, दानी (ईश्वरके विषयमें (*~ God !*); पुष्कल, पर्याप्त, समुचित, उपयुक्त, समर्थ, योग्य (*a ~ driver*); सज्जन, सुजन, सद्गुणी (व्यक्ति), सदाचारी, नेक, (*the ~* अच्छे लोग); निश्चित, सुरक्षित, विश्वसनीय; अन्यून, पूरा (*played for a ~ hour*); प्रचुर, बहुत पर्याप्त (*gave her a ~ beating*); २. n. श्रेयस्, शुभ, कल्याण, हित, उपकार, भलाई; पुण्य, धर्म; सुविधा, सुभीता, सुरूप, लाभ, (*is a power for ~* प्रायः व्यंग्यमें; *what is the ~ of it*); प्राप्तव्य वस्तु, वांछित लक्ष्य या विषय; ~ breeding सौजन्य, शिष्टता, भद्रता, ~-dame दादी; ~ faith सद्भाव, सद्भावना, शुद्ध मन; विनय; साधुता; ~ fellow प्रिय सहचर या साथी, मिलनसार व्यक्ति; ~ fellowship सुसहचरत्व, मिलनसारी; ~-for-nothing निष्फल, व्यर्थ, निकम्मा; ~ humour सद्भाव, उल्लास, उल्लास-वृत्ति, प्रमोद, आनन्द, खुशमिजाजी; ~ humoured सानन्द, प्रसन्नचित्त, जिन्दादिल; ~-looking सुभग,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

सुदर्शन, प्रियदर्शन, दर्शनीय, सुरूप, सुन्दर; ~ looks सुन्दर आकृति, सुन्दर रूप; रूप, शारीरिक सौन्दर्य; ~man (प्रा०) गृहस्वामी, पति, पिता आदि, घरका मालिक; ~ money (गणित) पर्याप्त पारिश्रमिक, ऊँची या अधिक मजदूरी, बड़ी तनखाह; ~ morning, ~ night, ~ evening, सन्ध्या, प्रभात, रात्रि मंगलमय हो (सन्ध्या, प्रातः, रात्रिके नमस्कार-व्यंजक पद); ~ nature सौजन्य, मृदुल स्वभाव, मृदु प्रकृति, सुशीलता; ~ natured साधुप्रकृति, सुजन, सुस्वभाव, सुशील, नेक; ~ sense सद्भाव, सद्विवेक; ~ son दामाद; ~ temper अच्छा स्वभाव; ~-tempered सुप्रकृति, सुस्वभाव, सुहृदय, खुशमिजाज; ~ turn कृपा, दया; ~wife गृहस्वामिनी; ~ wishes शुभ कामना; *a ~ fire* जाज्वल्यमान अग्नि, खूब जलती हुई आग; *as ~ as* बराबर, लगभग; *do ~* उपकार करना, करुणा करना, दयाभाव दिखाना; *~ and hard* ⊙ निर्दयता-पूर्वक; *for ~, for ~ and all* सर्वदाके लिए, सदा; *~ for all* ⊙ सबको स्वीकार करनेवाला; *in ~ time* ठीक समयपर; *make ~* क्षतिपूर्ति करना, हानि भरना, चेष्टित वस्तुको अधिगत करना; यथास्थान या यथास्थित रखना (नष्ट या खोई वस्तुको); आरोप प्रमाणित करना; वक्तव्य देना; स्थान पाना और सुरक्षित रखना; लक्ष्य सिद्ध करना; वचन पूरा करना; *no ~* बुराई, शरारत *(is up to, after, no ~)*;

~ administration, ~ behaviour, ~ character, ~ cleavage, ~ condition, ~ conduct, ~ conductor, ~ conscience, ~ consideration, ~ day, ~ debts, ~ delivery, ~-faced, ~-fellowhood, ~ fortune, ~ government, ~ ground, ~ looker, ~ manners, ~ milker, ~ moral character, ~ name, ~ offices, ~ order, ~ physique, ~ points, ~ quality, ~ reason, ~ repair, ~ security, ~ service, ~ service mark, ~ setting, ~ times, ~ title, ~ visibility, ~ volume.

good-bye n. & int. विदाईके समयका नमस्कार, विदा।

good-folk n. अप्सराएँ, परियाँ।

goodiness n. सदाशयताका दम्भ; *talk ~* सदाशयता या हितेच्छाकी बातें बनाना या कहना।

goodish a. अंशतः अच्छा, अच्छा सा।

goodliness n. सौन्दर्य, सुडौलपन, महत्ता।

goodly a. (व्यंगमें) महिम, महान्, श्रेष्ठ, उत्तम; मनोहर, रुचिर, सुन्दर; सुडौल; प्रसन्न।

goodness n. गुण, श्रेष्ठता, सौष्ठव, उत्तमता; साधुता, सौजन्य, उदारता; कृपालुता, दयालुता; सार, तत्त्व, सार भाग; (विस्मयादि बोधकोंमें) ईश्वर (*I wish to ~*); *~ gracious!* हे राम! आश्चर्य और अधीरताकी व्यंजनाके लिए; *~ knows* मैं नहीं, ईश्वर जानता है; *have the ~* कृपालु या दयालु होना।

goods n. (pl.) चल सम्पत्ति; घरेलू सामान; द्रव्य, सामग्री, पदार्थ, व्यापारिक वस्तु, माल (*piece of ~* हास्य० व्यक्ति); रेल द्वारा भेजी जानेवाली वस्तुएँ या चीजें (*opp. passengers*); *~ agent* मालका दलाल, आढ़ती; *~ train* मालगाड़ी; *deliver the ~* वचन पूरा करना।

goodwill n. सद्भाव, सद्भावना, सदिच्छा; सदाशयता, हितेच्छा; अनुकूलता, प्रियता, हार्दिकता, हृदयता, हृदयालुता, उत्साह; ख्याति, सन्नाम, कीर्तित्व, व्यवसायकी ख्याति, साख।

Goodwood n. पार्क ससेक्सके निकटकी दौड़ या घुड़दौड़।

goody[1] n. (प्रा०) निम्नवर्गकी बुढ़िया; गृहिणी।

goody[2] n. मीठी गोलियाँ, एक मिठाई, गुड़ी।

goody[3], **goody-goody** a. सदाशयताका प्रदर्शन या दिखावा करनेवाला, नेकीका दम भरनेवाला, बनावटी तौरसे अच्छा।

goofy a. मूढ़, जड़, ग्राम्य, मूर्ख, बेहूदा, गँवार।

google v.t. (क्रिकेट०) गूगली, गेंद फेंकना।

googly n. (क्रिकेट) वह बॉल जो देखनेमें ऑफकी ओर मुड़नेवाला हो लेकिन लेग (leg) की ओर मुड़ जाय।

goop n. मूर्ख व्यक्ति, मूढ़जन, बेवकूफ आदमी।

goopy a. मूर्ख, मूढ़, निर्बुद्धि, बुद्धू, गँवार।

goor n. गुड़, घटिया शक्कर।

goose n. (pl. geese) कलहंस, हंस, हंसिनी या हंसी (opp. GANDER), हंसका मांस; अश, मूढ़, मूर्ख, बेवकूफ; दर्जीकी इस्तरी; (pl. *gooses*); ~-club वह क्लब जो थोड़ा और कई किश्तोंमें चन्दा लेकर दीन जनोंको बड़े दिनपर मुर्गे आदि देती है; ~-flesh हंस-चर्म; भय या सर्दीके कारण रोमांचकी दशा; ~-grass कुत्ताघास, कपड़ोंमें चिमट जानेवाली एक प्रकारकी घास; ~-quill हंसका पर; ~-step जर्मन सेनाकी रँगरूटोंकी कवायद; *every one thinks his own ~ a swan* अपने दहीको कोई खट्टा नहीं कहता, अपने बेटेको कोई काना नहीं कहता है; *gone is the ~ that did lay the golden egg* वह दिन लद गये जब खलील खाँ फाख्ता उड़ाया करते थे, वह दिन नहीं रहे जब बहुएँ कलेवा किया करती थीं; *kill the ~ that lays the golden eggs* तात्कालिक लाभके लिए भविष्यत् लाभको बिलकुल समाप्त कर देना;

~ barnacle, ~beak, ~ cackle, ~cap, ~-eyed, ~ fish, ~ flower, ~-foot, ~-footed, ~girl, ~-head, ~ herd, ~ house, ~quill, ~-shaped, ~wing, ~-winged.

gooseberry n. चक्रांग-गुली, काकवदरी, झरबेरी, Ribe प्रजातिका खाने योग्य फल; गूसबेरीकी शराब; *play ~* प्रेमी-प्रेमिकाके मध्य संरक्षकके रूपमें रहना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

goosery n. राजहंस-वास, कलहंस-निवास; मूर्खता।
goosey n. = GOOSE; अज्ञ, मूढ़, मूर्ख, उल्लू।
goosy a. मूढ़, मूर्ख, ग्राम्य, गँवार; अति हतोत्साह, अत्यन्त निराश।
gopher[1] n. उत्तरी अमेरिकाकी भू-गिलहरी; (दक्षिणी अमेरिकाका रात्रिचर बिलखोदा) स्थल-कच्छप, करण्ड, गोफर।
gopher[2] n. (हिब्रू) वह वृक्ष जिसकी लकड़ीसे नूहकी नाव बनी थी, गोफर; ~-wood ⊙ पीताभ लकड़ीवाला एक वृक्ष।
goral n. देवछागल, हिमालयका एक मृग।
goramy n. गूरामी (हिन्देशियाकी एक खाद्य मछली)।
gorbellied a. महोदर, तुन्दिल, बड़ी तोंदवाला।
gor-belly n. तुन्दिल व्यक्ति, तोंदू आदमी; तोंद।
gorcock n. लाल तित्तिर, गोरकाक नामक एक पक्षी।
gorcrow n. गोरक्को (एक प्रकारका कौवा)।
Gordian a. (Gordius उस गाँठको बाँधनेवाला जिसे सिकन्दरने काट दिया था), कठिन, जटिल; *cut the ~ knot* किसी जटिल समस्याको बलप्रयोग आदिसे हल करना, समस्याका समाधान करना।
gore[1] n. थक्का, जमा हुआ शोणित, रुधिर, रक्त, खून।
gore[2] १. n. (छतरी, गुब्बारा, गुम्बद, ग्लोब आदिके निर्माणमें संयोजित) तिकोना टुकड़ा, कली, फाँक; २. v.t. कली लगाना।
gore[3] v.t. सींग मारना या (क्वचित्) दाँत गड़ाना या धँसाना, चुभोना, घुसेड़ना, खोभना; (परिवर्ति० जहाजको चट्टानका) खुभना।
gorge[1] n. कण्ठ, गला, कण्ठनाली; द्रोणी, दून, प्रदरी, गहरी घाटी, पहाड़ोंके मध्यकी तंग धारा, दर्रा; मछलीका चारा; (गढ़निर्माण) प्राचीरका पिछला द्वार, बुर्जका रास्ता; पाकस्थलीमें स्थित वस्तु; one's ~ *rises at* उससे किसीको मतली या उलटी आती है, घिन आती है।
gorge[2] १. n. अध्यशन, अति भोजन; v.t. & i. कण्ठतक भर देना, मुँहोंमुँह भर देना, इतना ठूँसना कि दम घुटने लगे, पूरा-पूरा भर देना, कस देना; निगलना, भरना, ठूँसना, भकोसना, गटकना, अफरना; लोभ या लालचसे खाना।
gorged a. प्रदरी-युक्त, गहरी घाटीवाला।
gorgeous a. (शैली) अलंकृत, चाकचिक्यपूर्ण; भ्राजमान, उज्ज्वल, भड़कीला, चमकदार, शानदार, खूब रँगा चुना।
gorgeousness n. आलंकारिकता, चाकचिक्यपूर्णता; उज्ज्वलता, चटक-मटक, भड़क, शान-शौकत।
gorget[1] n. चिड़ियोंके कण्ठपर रंगका घेरा, कण्ठा; हार, माला; (प्रा०, इति०) गलत्राण, झिलमिली, जिरहबख़्तरका गुलूबन्द; ईसाई मठकी साधुनियोंका नकाब, पर्दा; ~ patch सेनाकी वर्दीके कालरपर लगा हुआ विशेषक या भेदक चिह्न।
gorget[2] n. (शल्य०) नलिका जैसा फौलादी यन्त्र जो शल्यकर्ममें पथरी निकालनेके काम आता है।
gorgio n. (pl. -*s*) (जिप्सीके लिए) यायावरेतर मनुष्य, वह व्यक्ति जो जिप्सी न हो।
gorgon n. (ग्रीक पुराण) भीषण, भयानक या कुरूप व्यक्ति भोंडा; कुरूपा नारी, अनाकर्षक स्त्री, व्यालकेशिनी।
gorgonia n. भीषण (प्रवाल) समुद्री कीट, गोगोनिया।
gorgonian a. भीषण, भयानक, गोर्गन जैसा।
gorgonize v.t. दृक्पात द्वारा शिलीभूत करना; गोर्गनकी तरह देखना, घूरना या गुरेरना।
Gorgonzola n. बढ़िया पनीर, गोर्गोंजोला।
gorilla n. भीमवानर, महाकपि, वनमानुष, मानवाकार विशाल और प्रचण्ड शक्तिशाली कपिविशेष, गुरीला।
gormand n. घसर, अतिभोजी, पेटू।
gormandize १. n. अध्यशन वृत्ति, पेटूपन, खाऊपन, ठूँस-ठूँसकर खानेकी आदत; उदरपरायणता, लोलुपता; २. v.t. & i. आकण्ठ भोजन करना, ठूँस-ठूँसकर खाना, लदकर भकोसना, खाना।
gormandizer n. अतिभोजी, पेटू, भुक्खड़।
gorse n. कण्टैध, भटकटैया, पीले फूलोंवाली एक काँटेदार झाड़ी, गोर्स।
Gorsedd n. वेल्सके चारणों एवं पुरोहितों इत्यादिका सम्मेलन।
gorsy a. गोर्स झाड़ीसे भरा हुआ या घिरा हुआ, गोर्सयुक्त।
gory a. रक्ताक्त, खूनमें तरबतर, लहूलुहान; रुधिरप्रिय, मारात्मक, हिंस्रक, खूनी।
gosh int. (God के लिए) विस्मयसूचक-अव्यय।
goshawk n. शशाद, श्येनक, बाज, छोटे पंखवाला बड़ी जातिका बाज।
Goshen n. प्रकाश अथवा धनधान्यसे पूर्ण स्थान, गोशन (प्रा०)।
gosling n. हंसशावक, हंसका बच्चा।
gospel n. मत्ती और मर्कुस आदि द्वारा लिपिबद्ध ईसाका जीवनचरित; मत्ती और मर्कुस आदिकी किताबोंमेंसे कोई एक; इन किताबोंमेंसे समारोहमें पाठका अंश; ईसाई मत, ईसा और उनके शिष्योंके धार्मिक सिद्धान्त, ईसामसीह द्वारा उपदिष्ट मंगल-समाचार; प्रोटेस्टैण्ट मतके सिद्धान्त (opp. *mass*); आचरण, धर्म, निर्वचन और मननका सिद्धान्त (*the ~ of efficiency*); विश्वसनीय सत्य (*takes his dreams for ~*); ~ oath बाइबिलकी शपथ, बाइबिलको उठाकर ली हुई शपथ; ~ truth बाइबिलका सत्य, बाइबिलके समान सत्य।
gospeller n. बाइबिल-पाठक पादरी, बाइबिलका पाठ करनेवाला पादरी; hot ~ उत्साही धर्मोपदेष्टा, कट्टर ईसाई।
gossamer १. n. अत्यन्त सूक्ष्म जाला जिसे मकड़ियाँ बुनती हैं; इस जालेका एक तार; कोई बहुत महीन वस्तु, कमजोर, गैरटिकाऊ चीज; बारीक कपड़ा; २. a. हलका, महीन, जालेका-सा पतला, पारदर्शी या बारीक।
gossamered, gossamery aa. उक्त जाले-जैसा,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

पतला, बारीक, महीन, कमजोर, गैरटिकाऊ ।

gossip १. n. जनप्रवाद, गप, गपशप, इधर-उधरकी बातें, बकवास, अनाप-शनाप, वेलगाम लेखन या बात; (प्रा०) पानमित्र, घनिष्ठ मित्र; जल्पक, दूरकी हाँकनेवाला; बेपरकी उड़ानेवाला, गप्पी, बातूनी, बक्की; २. v. i. गपशप करना, हलके ढंगसे बातचीत करना, वार्तालापकी शैलीमें लिखना ।

gossiper n. संलापप्रिय, वार्तारसिक, जल्पक, गप्पी, गपबाज ।

gossipry n. प्रलाप, वार्ता, जल्प, गपशप ।

gossipy a. जल्पक, बक्की, गप्पी, गपबाज ।

gossoon n. लड़का, छोकरा ।

got, gotten (GET का past & p.p.) मिलाया(हुआ), पाया (हुआ) आदि; ~ out ⊙ निकला हुआ, बहिष्कृत; ~ up ⊙ जागा हुआ; ~-up अलंकृत, कृत्रिम, सजाया हुआ, बनावटी, गढ़ा हुआ, मुलम्मा किया हुआ (प्रभाव या प्रतारणके निमित्त); ~ used ⊙ अभ्यस्त, ~ very far ⊙ बहुत दूर भटका हुआ ।

Goth n. अशिष्ट, असंस्कृत, असभ्य या अज्ञ जन, गँवार ।

Gotha n. गोटा (दीर्घकाय जर्मन वायुयानविशेष) ।

Gotham n. (बोल०) न्यूयार्क नगर; मूर्खताके लिए प्रसिद्ध नगर, शिकारपुर, बलिया, भोगाँव, गाटम; *wise man of* ~ अज्ञ, मूर्ख, बुद्धू ।

Gothamist n. मन्द, मूढ़, मूर्ख, अशिष्ट, ग्राम्य, गँवार ।

Gothamite n. मूर्ख, न्यूयार्क निवासी, गाटमका निवासी ।

Gothic १. n. गॉथिक मुद्राक्षर या टाइप; गॉथिक स्थापत्य, गॉथिक भाषा; २. a. गॉथ जाति या उनकी भाषासे सम्बन्धित; अपरिष्कृत, अमार्जित, बर्बर; (मुद्र०) प्राचीन (टाइप), जर्मन (टाइप), गॉथिक (टाइप); (स्था०) नोकदार मेहराबकी बनावट, गॉथी, गॉथिक ।

Gothicise, g- v.t. & i. गॉथ स्थापत्य-शैलीका निर्माण करना या बनाना ।

Gothicism n. गॉथी स्थापत्य-शैली, गॉथ भाषाकी विशेषता या मुहावरा; बर्बरता, जंगलीपन ।

gotten p.p. (प्रा०, अमे०) GET से ।

gouache n. वाटरकलरसे चित्रणकी एक विधि ।

Gouda n. हालैण्डकी पनीर, गूदा ।

gouge १. n. उब्जक, गूज, उभरी धारवाली रुखानी; छेनी; २. v.t. रुखानीसे काटना; आँख निकाल लेना; दबाकर निकालना, कार्क काटकर निकालना या नाली बनाना ।

gouged ⊙ a. चूषित, चूसा हुआ; निचोड़ा हुआ, गारा हुआ ।

Goulard n. सीसेका सम्मिश्रणविशेष, गूला ।

goulash n. (ताश०) ब्रिजके खेलमें एक चाल ।

gourami n. = GORAMY.

gourd n. कूष्माण्ड, कमण्डलु, तूँबी, तुम्बा, तूमड़ी; लौकी, कद्दू, अलाबु ।

gourdful a. तूँबी-परिमाण वस्तु, तूँबीभर वस्तु ।

gourdy a. (घोड़ेका पैर) सूजा हुआ, फूला हुआ ।

gourmand १. n. (प्रायः F के समान) स्वादलोभी, सुस्वादु भोजनका प्रेमी, सुभोजनका निर्णायक; उदरपरायण, उदरम्भरि, पेटू आदमी; २. a. अतिभोजी, पेटू, खाऊ ।

gourmandism n. लोलुपता, उदरपरायणता, बढ़िया भोजनका प्रेम, पेटूपन, खाऊपन ।

gourmet n. खाने और शराबके स्वादका पारखी, खाने-पीनेका स्वाद समझने और बतानेवाला ।

gout n. वातरक्त, वातरोग, गठिया; बिन्दु, छींटा, बूँद, चक्का, धब्बा; गेरुई (गेहूँके पौधेकी एक बीमारी) ।

goutiness a. वातरोगका प्रभाव, गठियाकी रोग-दशा ।

gouty a. वातरोगी, वातरोगसे पीड़ित, गठियाका रोगी ।

govern v.t. & i. प्रबन्ध करना, शासित करना, शासन-सूत्रका संचालन करना, राजव्यवस्था करना, शासन करना; राज्य करना, राजकाज करना; वशमें रखना; (दुर्ग या नगरकी) सेनाका संचालक या अध्यक्ष होना, किलेदार होना, हाकिम होना; कार्यवाहीका संचालन करना (निगम या कार्पोरेशन आदिकी); वाद या अभियोगके निर्णयमें सहायक होना; विधि या कानून होना, प्रतिमान होना, कानून आदि बना होना; (व्या०, विशे० vb. या prep. के विषयमें) अन्वित करना, संज्ञा या कारकका उसपर अवलम्बित होना; नियन्त्रित करना, वशमें करना, दमन करना, रोकना, दबाना, रखना; व्यवस्थित करना, निश्चित करना, प्रभाव डालना या प्रभावित करना, नियन्त्रित करना या आदेश चलाना, वशमें लाना ।

governability n. शासन-क्षमता, शासन करनेकी योग्यता ।

governable a. शासनयोग्य, शासनीय, शास्य ।

governance n. अभिशासन, शासित्व, शासन-व्यापार, शासन, प्रबन्ध, नियन्त्रण, नियमन, प्रभाव ।

governed a. शासित; अधीन ।

governess n. शासिका; अध्यापिका, मास्टरानी; ~-car(t) एक प्रकारकी हलकी दो पहियोंकी गाड़ी ।

governing a. शासी, वशी, प्रबन्धक (~ *body*) ।

government* n. राज्य, शासन, शासन सत्ता, सरकार*; राज्यपाल या गवर्नर द्वारा प्रशासित देश या प्रदेश, उपविभाग; (GOVERNANCE के लिए अधिक आधुनिक शब्द) गवर्नमेण्ट; शासन-पद्धति; (व्या०) अन्वय, कारकचिह्नका इतर शब्दोंसे सम्बन्ध; G~-house राजभवन, गवर्नमेण्ट हाउस; G~ paper, securities शासनपत्र, सरकारी प्रतिभूतियाँ, सरकारी पत्रमुद्रा; self-~ स्वायत्त शासन;

~ account, ~ advocate, ~ agency, ~ agent, ~ aided hospital, ~-aircraft, ~ analyst, ~ appointment, ~ architect, ~ audit, ~ auditor, ~ balance, ~ bill, ~ breeding bull, ~ bungalow, ~ business, ~ canal, ~ cattle-breeding farm, ~ central poultry farm, ~ clinic, ~ com-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

mercial undertaking, ~ constructed house, ~ contract, ~ control, ~dairy farm, ~ department, ~ dispensary, ~ draft, ~ establishment, ~ expense, ~ factory, ~ forest, ~ forest area, ~ gazette, ~ grain depot, ~ grant, ~ hospital, ~ hostel, ~ medical depot, ~ military educational institution, ~ money, ~ note, ~ notification, ~ office, ~ officer, ~ official, ~ order, ~ owner, ~ pensioner, ~ pleader, ~ policy, G~ Press, ~ printing, ~ promissory note, ~ provident fund, ~ publication, ~ public hospital, ~ purpose, ~ quarter, ~ railway office, ~ regulation, ~ residential building, ~ salt-works, ~'s balance, ~ scholarship, ~ secretary, ~ security, ~ security note, ~ servant, ~ served, ~ service, ~'s instruction, ~ solicitor, ~ sources ~ special hospital, ~ specification, ~'s policy, ~-sponsored, ~'s property, ~ stamps, ~ stocks, ~ store, ~ student, ~ supervision, ~ surplus stock, ~ technician, ~ telephone connections, ~ test house, ~ timber, ~ treasurer, ~ treasury, ~ valuer, ~ village, ~ ward, ~ water rate, ~ works.

governmental a. शासन-सम्बन्धी, सरकारी, सरकारका।

governmentalism n. (सरकारका) अधिकारवाद, जन-सरकारके वैध-अधिकारोंका अनुचित विस्तार।

governor n. राज्यपाल, प्रान्तपति, प्रदेशपाल, गवर्नर; शासिता, शासक; गढ़सेनाधिपति, गढ़पति, दुर्गपाल; ⊙ प्रत्येक संस्था आदिका कार्यकारी अध्यक्ष; काराध्यक्ष, जेलर; शासन-निकायका अध्यक्ष, संस्थाका अध्यक्ष; (प्रा०) महोदय, श्रीमन्, नियोक्ता, नियोजक; पालक; एक प्रकारका मछलीका चारा; (यन्त्र) स्वचालित और स्वचल नियामक; लट्टू; नियन्ता, संयामक।

Governor-General n. महाराज्यपाल, महाशासक, गवर्नर-जनरल।

governor-generalship n. गवर्नर जनरलका पद।

governorship n. आधिपत्य, शासकता, गवर्नरका पद, गवर्नरी।

gowan n. (स्कॉटलैण्ड) दुग्धतिक्ता, सूर्यमुखी, सूरजमुखी, एक प्रकारका विलायती फूल, डेजी।

gowk n. (बोल०) कोयल; मूढ़, बेढंगा, घामड़।

gown १. n. (न्यायाधीशों, पादरियों, वकीलों, विश्वविद्यालय या कॉलिज या स्कूलके सदस्योंका) गणवेश या चोगा, लबादा, गाउन; प्राचीन रोमका चोगा, अँगरखा, ढीला-ढाला परिधान; २. v.t. (मुख्यतः p.p. में) गाउन पहनना; arms, ~ युद्ध और शान्ति; town and ~ आक्सफोर्डके नागरिक और विश्वविद्यालयके सदस्य।

gowned a. चोगा या लबादा पहने हुए।

gownsman n. गाउनवाला, (विशे०) प्राध्यापक, यूनिवर्सिटी प्रोफेसर; असैनिक; वकील।

grab १. n. परिग्रह-भाव, लोभ-भावना, छीननेकी चेष्टा, ग्राह, बन्ध, पकड़, झपट्टा; (यन्त्र०) पकड़नेका यन्त्र या औजार; बच्चोंका ताशका एक खेल; *have the ~ on* (प्रा०) अत्यधिक सुविधाका होना; २. v.t. पकड़ना, लपकना।

grabber n. झपट लेनेवाला, झपट्टा मारनेवाला।

grabble v. i. हाथों-पैरोंके बल चलना (प्रायः कुछ ढूँढ़ने या खोजनेके लिए); टोह लेना, टटोलना, खोजना, अता-पता लगाना।

grace १. n. अनुग्रह, अनुकम्पा, करुणा, कृपा, दया, अनुकूलता; हितेच्छा, रियायत; दान, पुरस्कार; आकर्षण, विभ्रम, हाव-भाव, मोहक गुण, नखरा; (विश्व०) उपाधिके लिए कॉलिज या हॉलकी अनुज्ञा, विधि या कानूनसे च्युति या विचलन; लालित्य, चारुता, श्री, शोभा; अवधि, माफी (*give a day's, year's* etc., ~); (संगीत *grace-note, grace-notes* भी) शोभावर्द्धनके लिए अधिक स्वरोंका मिश्रण; आकर्षक आकृति, सम्पादन या निष्पादन, आभूषण; सौन्दर्य, सजीलापन, बनाव, धजा (*cannot with any ~ ask him*); खानेके पूर्व और पश्चात् कृतज्ञता-पाठ या धन्यवाद-ज्ञापन, मन्त्रपूर्वक भोजन-भोग; (ईसाईधर्म) ईश्वरप्रदत्त प्रतिभा, ईश्वरकृपा, ईश्वरीय करुणा, ईश्वरीय कृपा आदि; २. v.t. विभूषित करना, आभूषित करना, सजाना, शोभा बढ़ाना, प्रतिष्ठा देना, उपाधि दानसे सम्मानित करना, सौन्दर्य प्रदान करना, चार चाँद लगाना; act of ~ अनुकम्पा, कृपा; Act of ~ पार्लियामेण्ट द्वारा सामूहिक क्षमाका विधेयक; ~-note (संगीत) अतिरिक्त सुर; days of ~ हुण्डीकी रकम अदायगीके लिए कानून द्वारा स्वीकृत अवधि, मुहलत, मियाद; His, Her, Your G~ ड्यूक, डचेस और अन्य उच्चवर्गीय जनोंका सम्बोधन; the G~s (प्रा०) तीन सुन्दरी सहोदरा देवियाँ; year of ~ सन् ईस्वी; *be in* one's *good ~s* किसीकी कृपादृष्टि पाना या होना; *by the ~ of God* ईश्वरीय कृपासे (राजकीय उपाधियोंमें संयुक्त); *have the ~ to* जरा सभ्यता या शिष्टता दिखाओ; *in this year of ~* (व्यंग०) इस वर्ष जब कि ईसाई-धर्मकी स्थापनाको इतने वर्ष बीत चुके हैं; *with a bad ~* अनिच्छापूर्वक, असुन्दरतापूर्वक; *with a good ~* प्रसन्नतापूर्वक, इच्छापूर्वक।

graceful a. ललित, शोभन, सुन्दर, आकर्षक, सजीला।

gracefulness n. लावण्य, लालित्य, सौन्दर्यपूर्णता, आकर्षणशीलता, सजीलापन, फबन।

graceless a. (प्रा० या हास्य०) अध्यात्मशून्य, दुर्वृत्त, भ्रष्ट; अनाकर्षक, रूपहीन, लालित्यरहित (क्वचित्); निर्लज्ज, बेशर्म।

gracelessness n. निर्लज्जता, बेढंगापन, भद्दापन;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

भ्रष्टता, लावण्यहीनता ।

gracile a. तनु, कृश, क्षीण, दुर्बल, पतला, दुबला ।

gracility n. तनुता, कृशता, क्षीणता, दुर्बलता ।

graciosity n. अति सदयता, अति करुणाशीलता, अतिशय कृपालुता ।

gracious १. a. मनोहर, रुचिर, प्रिय (प्रा०); (ईश्वर) करुणामय, कृपानिधि, अनुकम्पाशील, कृपालु, दयावान्, सदय, शिष्ट (मुख्यतः का०); अनुग्रहपूर्ण, कृपापूर्ण; २. int. ~ *God* का उत्तर पद छोड़कर (जैसे *good, my*, ~! विस्मयबोधक ~ *goodness* ! भी) ।

graciousness n. सदयता, करुणाशीलता, कृपालुता ।

gradate v.t. & i. धीरे-धीरे एक वर्णसे दूसरे वर्ण में बदल देना, क्रमसे एक रंगको दूसरेमें विलीन करना या होना; वर्गीकरण करना, क्रमबद्ध करना ।

gradation n. (प्रायः pl.) अनुक्रम, उन्नतिका क्रम; क्रमबन्ध, क्रम-व्यवस्था, श्रेणी-व्यवस्था, क्रमस्थापन, क्रम-विन्यास, श्रेणी-विभाजन, अनुक्रमीकरण, वर्गीकरण; वर्ग, श्रेणी, क्रम; (ललितकला) किसी ध्वनि या वर्ण आदिसे दूसरीमें अलक्ष्य क्रमण; (भाषावि०) अपश्रुति, स्वरानुक्रम, एब्लाउट ।

gradational a. श्रेणीपरक, वर्गात्मक ।

gradationed a. श्रेणीबद्ध, वर्गीकृत ।

gradatory a. = GRADATIONAL.

grade १. n. क्रम, कोटि, वर्ग, श्रेणी, दर्जा; प्रवण, ढाल, ढलान; (वन०) वर्गक, विकासकी समान अवस्थामें जनक-वर्गसे अलग वर्ग; (जीववि०) मिश्रित प्रजाति या नसल, घटिया नसलका अच्छी नसलसे मेल; (भाषावि०) अपश्रुतिके क्रममें सम्बन्ध-स्थिति, क्रमबन्ध; प्रयत्न ⊙; २. v.t. वर्गीकरण करना, क्रम-विन्यस्त करना; क्रमसे एक रंगको दूसरे रंगमें विलीन करते हुए मिलाना, समोना; ढलान या ढाल कम करना; ऊँची नसलसे नीची नसलको मिलाकर मध्यम नसल प्राप्त करना या उत्पन्न करना; (भाषावि०) स्वरक्रम द्वारा परिवर्तित होना; down ~ ढाल, ढलान; ~ teacher ⊙ आरम्भिक अध्यापक; *make the* ~ ⊙ सफल होना; *on the up* ~ चढ़ावपर, चढ़ाईमें;

~ clerk, ~ peg, ~ price, ~ resistance, ~ slips.

graded a. क्रमबद्ध, कोटिबद्ध; वर्गीकृत (~ *data*); क्रमोन्नत (~ *herd*) ।

gradely a. (प्रा०, बोलीमें) यथावत्, वास्तविक, सच्चा, असली, श्रेष्ठ, उत्तम; सुरूप, सुन्दर ।

gradient १. n. प्रवणक, प्रावण्य, प्रवणता, प्रवणका परिमाण, नितार, ढलानकी मात्रा, ढाल; थर्मामीटर या बैरोमीटरका आनुपातिक उतार-चढ़ाव; २. a. प्रवण, ढालू ।

gradine a. दाँतेदार छेनी; श्रेणी, सीढ़ी ।

grading n. क्रमीकरण, क्रमनिर्धारण, क्रमस्थापन ।

gradual[1] n. (ब्राई०) Epistle और Gospel के मध्यके भजन या गीत ।

gradual[2] a. क्रमिक, आनुक्रमिक, उत्तरोत्तर, क्रमशः, यथाक्रम, मन्दक्रम, मन्द, धीमा, ढालू, फिसलहर ।

gradualness n. क्रमिकता, आनुपूर्व्य ।

graduand n. भावी स्नातक, वह व्यक्ति जो विश्वविद्यालयकी उपाधि पानेवाला हो ।

graduate[1] n. स्नातक, विश्वविद्यालयकी उपाधि प्राप्त करनेवाला व्यक्ति, ग्रैज्युएट; रासायनिकका मात्रा-सूचक या परिमाणसूचक चिह्नोंसे युक्त गिलास; ~ nurse ⊙ प्रशिक्षित धात्री, ट्रेण्ड नर्स ।

graduate[2] v.t. & i. विश्वविद्यालयकी उपाधि प्रदान करना (मुख्यतः अमेरिकी), स्नातक होना, उपाधि ग्रहण करना; अंकन करना; धीरे-धीरे बदल जाना (एक स्थितिसे दूसरी स्थितिमें); मिश्रणको वाष्पीकरण क्रिया द्वारा गाढ़ा करना, आमदनीके अनुपातसे कर निर्धारित करना; परिमाणके अनुसार वर्गीकरण करना, वर्गविभक्त करना ।

graduation n. उपाधिग्रहण; क्रमचिह्नांकन, अंकन, समानयन, अंशांकन, वर्गीकरण; अंक ।

graduator a. उपाधिगृहीता, स्नातक; अंकन करनेवाला, वर्गीकरण करनेवाला ।

graduction n. (गणित०, चापका) अंशोंमें विभाजन ।

gradus n. लैटिन-पिंगल-कोष ।

Gr(a)ecism n. ग्रीक व्यंजना-पद्धति, ग्रीक शैली; ग्रीक शैलीकी अनुकृति; ग्रीक मुहावरा ।

Gr(a)ecize v.t. & i. ग्रीकोंका अनुकरण करना, ग्रीकोंको पसन्द करना; ग्रीक रूप देना, ग्रीक शैलीका बनाना, ग्रीक गुण या व्यवस्था प्रदान करना ।

Graf n. जर्मन सामन्त ।

graffito n. (pl. *-ti*) भित्ति-चित्रण; दीवार आदिपर अंकित आलेख्य; पलस्तरपर खुदाईका काम; भित्तियों आदिपर रेखन या लेखन ।

graft[1] १. n. उपरोप, पैवन्द, कलम; (शल्य०) अन्यत्र आरोपित किया हुआ सजीव तन्तु भाग; इस प्रकार पैवन्द लगानेकी प्रक्रिया या ढंग; पैवन्द या चकतीका स्थान; २. v.t. उपरोपण करना, पैवन्द लगाना, चकती लगाना (~ *in*); (शल्य०) सजीव स्नायुओं या तन्तुओंका योजन करना, आरोपण करना; (ला०) समजातीय कर देना, समन्वित कर देना, समगुण कर देना, संयुक्त कर देना; समग्र या पूर्णमें कुछ जोड़ देना या कुछ मिला देना; (नौवि०) सुतलीकी जाली बनाकर रिंगबोल्टपर मढ़ देना ।

graft[2] n. एक हुमकमें कुदाल या फावड़ेसे खोदी हुई भूमिकी गहराई, एक कुदाल, एक फावड़ा; गेंती ।

graft[3] (बोल०) १. n. अनुचित लाभ कमानेकी चेष्टाएँ; अनुचित लाभ; २. v. i. अनुचित लाभ करना, अनुचित लाभ चाहना ।

grafter n. राजनीति आदि द्वारा अनुचित लाभ उठानेवाला या कमानेवाला ।

grafting n. उपरोपण, कलम लगाना; ⊙ ठगी ।

grail[1] n. अन्तिम भोजनके समय ईसामसीह द्वारा व्यवहृत थाली, ग्रेल ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

grail[2] n. कंघीवालोंकी रेती, ग्रेल ।

grain* १. n. धान्य, अन्न, बीज, दाना ⊙; कण, अणु, रवा; गेहूँ आदि अन्नके पौधे, फसल, अनाज*; (pl. *~s of Paradise* or *Guinea ~s* भी) पश्चिमी अफ्रीकाके एक पौधेका बीजकोष; (pl.) मदिरा बनानेके बाद जौ या दूसरे अन्नकी सीठी, फोक (जो शराब खींचने या उबालनेके बाद बच रहती है); (ला०) प्रकृति, स्वभाव, प्रवृत्ति, झुकाव; कोयले या पत्थर आदिमें तोड़नेपर पायी जानेवाली पतली पर्त; वयन, तन्तुक्रम, तन्तुवयन; दानेदार सतह, दानेदार बनावट; चितकबरा मांस, (खाल, पत्थर, लकड़ी आदिके) अणुओंका आकार, गठन तथा विन्यास; (का०) रंगनेका द्रव्य, रंग; करमज (करमदाने) या उनसे निकाला हुआ सुर्ख लाल रंग; लघुतम सम्भावित परिमाण, तौलकी सबसे छोटी इकाई, डेढ़ रत्तीका एक वजन = १/१८० भरी (*without a ~ of vanity, love* इत्यादि); (स्वर्ण, नमक, बालू, बारूदकी) कणिका (*large, small, ~-powder*); सुगन्धित धूप आदिका अति लघुकण; २. v.t. & i. दानोंमें परिणत करना या होना; रँगनेमें लकड़ीके रेशोंकी अथवा संगमरमरकी छींटकी नकल करना; लाल रंगमें रँगना; चमड़ेपरसे बाल साफ करना; ~ broker ⊙ गल्लेका दलाल; ~ of allowance थोड़ी छूट; *against the ~* प्रकृतिके विरुद्ध, विलोम, विपरीत; *in ~* स्वभावगत, प्राणगत, हड्डी-हड्डीमें समाया हुआ; स्पष्ट; अक्षय, पूर्णरूपसे; शुद्धरूपमें, अकृत्रिम रूपमें, यथार्थमें;

~ advances, ~ allowance, ~ aphis, ~ awaiting disposal, ~ boundary, ~ compensation allowance, ~ crop, ~ dealer, ~ drill, ~ fracture, ~ godown, ~ growth, ~ loans, ~ loss statement, ~ market, ~ moth, ~ movement, ~ procured, ~ product, ~ refinement, ~ sampler, ~-shed, ~-size, ~-stocked, ~ stocks, ~ store house.

grainage n. (घोड़ेके पैरमें) ग्रन्थियाँ, गिल्टियाँ ।

grained a. कणयुक्त, दानेदार, रवेदार; लघुकणोंमें परिणत किया हुआ, लकड़ीके रेशोंकी अथवा संगमरमरकी छींटकी नकलमें रँगा हुआ; लाल रंगमें रँगा हुआ; बाल साफ किया हुआ (चमड़ा); ~ lac कणि-लाक्षा, दानेदार लाख ।

grainer n. दानेदार बनानेवाला; लघुकणोंमें परिणत करनेवाला; लकड़ीके रेशोंकी तथा संगमरमरकी छींटकी नकलमें रँगनेवाला; लाल रंगमें रँगनेवाला; चमड़ेपरसे बाल साफ करनेवाला ।

graining n. बिन्दु-आलेपन, बिन्दु-लेप चित्रण, बिन्दुओं द्वारा पेंटिंग करना; चर्म-संस्करण-विधि, चमड़ा कमानेकी एक विधि; दन्त, दाँता ।

grainocide n. धान्यनाशी, धानमार, अनाजमार ।

grains n. मछली पकड़नेकी कँटिया ।

grainy a. दानेदार, लकड़ीके रेशोंकी तरहका अथवा संगमरमरकी छींटकी तरहका बना हुआ; लाल सुर्ख रंगका ।

graip n. चौड़ी नोकका काँटा ।

grallatorial, grallic aa. (लम्बे पैरवाले जलचर पक्षी) बगले इत्यादिका, जलचर पक्षियोंकी जातिका; (प्राणिवि०) एक विशेष प्रकारके पाददण्डसे सम्बन्धित, चढ़कर चलने योग्य पावदानवाला ।

gralloch १. n. मृत हरिणकी अँतड़ियाँ, मरे हुए मृगकी आँतें; २. v.t. (हिरनकी) अँतड़ियाँ निकालना ।

gram n. चणक, चना, बूट, घोड़ेको खिलाया जानेवाला दाना; धान्य; ~-flour बेसन;

~ atom, ~ calorie, ~ equivalent, ~ ion, ~ molecule.

grama, gramma nn. एक प्रकारकी नाटी घास ।

gramarye n. (प्रा०) तन्त्र-मन्त्र, जादू, टोना, टोटका ।

gramercy int. (प्रा०) धन्यवाद, वाह !

graminaceous, gramineous aa. घास-सम्बन्धी, घासके सदृश, तृणमय, घासवाला, घासका ।

graminifolious a. घासवत्पर्णमय, घास जैसी पत्तियोंवाला ।

graminivorous a. तृणभक्षी, घासभोजी, शाक-जीवी, शाकाहारी, वनस्पतिजीवी ।

graminology n. घास-विज्ञान ।

grammalogue n. (शीघ्रलिपि) संकेत-चिह्न, वर्ण-शब्द, शब्दाक्षर, किसी एक ही चिह्न द्वारा भासित होनेवाला शब्द ।

grammar n. व्याकरण; व्याकरणकी पुस्तक; व्याकरणके नियमोंके अनुसार शुद्ध या अशुद्ध वक्तृता या लेख, व्याकरणके नियमोंके अनुसार शुद्ध कोई वस्तु, व्याकरणके रूपोंके व्यवहारकी रीति; किसी कला या विज्ञानके तत्त्व या मूलाधार; शब्दशास्त्र; general ~, philosophical ~, universal ~ सामान्य व्याकरणशास्त्र, सामान्य व्याकरण, विभिन्न व्यावहारिक भाषाओंकी व्याकरण-प्रणालियोंमें स्वीकृत दर्शन, भाषातत्त्वज्ञान; ~-school लैटिन और ग्रीककी शिक्षा देनेवाला विद्यालय या पाठशाला; historical ~ ऐतिहासिक व्याकरण, व्याकरणका ऐतिहासिक अध्ययन, किसी भाषाके शब्द-रूपों, विभक्तियों तथा वाक्यरचनाके विकासका अध्ययन ।

grammarian n. वैयाकारण, वैयाकरणिक, शब्दशास्त्री, व्याकरणाचार्य, व्याकरणशास्त्री, भाषाविज्ञानी ।

grammarless a. व्याकरणविहीन, व्याकरणरहित ।

grammatic a. = GRAMMATICAL.

grammatical a. वैयाकरणिक, व्याकरण-सम्बन्धी, व्याकरणका; व्याकरणसम्मत, सैद्धान्तिक, नियमानुकूल, व्याकरणके नियमोंके अनुसार, व्याकरणके नियमोंके अनुरूप; किसी कलाके सिद्धान्तोंके अनुरूप ।

grammaticalness n. वैयाकरणिकता, व्याकरणीयता, व्याकरण-सम्मति; सैद्धान्तिकता, नियमानुकूलता ।

grammaticaster n. शिक्षक, अध्यापक; विद्या-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

भिमानी, पण्डितम्मन्य ।

grammaticism n. पाण्डित्याभिमान, विद्याभिमान; गर्वोक्ति ।

grammaticize v.t. सिद्धान्तानुकूल बनाना; व्याकरणसम्मत बनाना, व्याकरणके नियमोंके अनुसार बनाना ।

grammatist n. वैयाकरण, शब्दज्ञानी, शब्दशास्त्री ।

gramme, gram n. दशमलव मापन-प्रणालीकी तौल-की इकाई, फ्रांसकी एक तौल, ग्राम ।

gramophone n. सीतावाद्य, एक प्रकारका वाद्ययन्त्र, फोनोग्राफ, ग्रामोफोन ।

grampus n. तिमिंगल, एक प्रकारका स्तनपायी जन्तु, एक प्रकारकी हेल मछली; वह व्यक्ति जो जोर-जोरसे साँस लेता हो ।

granadilla n. कामपुष्प, छोटा अनार ।

granary n. धान्यागार, धान्यकोष्ठ, खलिहान, अनाजका भण्डार, अनाजका गोदाम, खत्ती; वह प्रदेश जहाँ अन्न अधिक उत्पन्न होता है ।

grand १. n. घरका प्रमुख भाग, किसी कोठी या हवेलीका विशिष्ट भाग, मकानका सदर हिस्सा; २. a. सुन्दर, शानदार; उत्तम; श्रीसम्पन्न, विभवयुक्त, वैभव-शाली; भव्य; भड़कीला, चौंधानेवाला; गुरु, गम्भीर; उज्ज्वल; तेजवान; वृहद्, बड़ा; (पद और पदवीमें) सर्वोच्च पदस्थ, सर्वश्रेष्ठ पदका, प्रधान (~ *Duke*), सर्वप्रमुख, सबसे महत्त्वपूर्ण, सर्वोच्च महत्त्वका; अन्तिम, आखिरी; (कानून) प्रमुख, बड़ा; रूपवान, खूबसूरत; श्रेष्ठ, महान्; प्रभावशाली, रोबदार; प्रसिद्ध; विशिष्ट; उच्च-समाजमें रहनेवाला, उच्च समाजका; (रिश्तोंके नामोंमें) ऊपर या नीचेसे तीसरी पीढ़ीका; अत्यधिक सन्तोषप्रद; (आचरण, विचार अथवा आकृतिमें) प्रतिष्ठित; उन्नत, ऊँचा; ~ army विशाल वाहिनी, विशाल सेना, बड़ी फौज; ~child पौत्र, नाती, पोती, तीसरी पीढ़ीका शिशु; ~ Cross प्रधान धर्माध्यक्षका क्रॉस, बड़ा क्रॉस; ~-daughter पौत्री, पोती, नतिनी, पुत्र या पुत्रीकी पुत्री; ~father पितामह, बाबा; नाना, मातामह, माताके पिता; ~father's clock एक प्रकारकी बड़ी घड़ी; ~ female संगीतकी अत्यन्त मधुर अन्तिम गत; G~ Fleet १९१४-१८ के विश्व-युद्धमें ब्रिटेनका जहाजी बेड़ा अथवा लड़ाकू जलयान-समुदाय; ~ jury महाशस्त्रजनी, बड़ा न्यायालय, बड़ी अदालत, बड़ी कचहरी; G~ master महाप्रभु, महाशूरवीर और योद्धाकी पदवी प्राप्त व्यक्ति; सबसे बड़ा सरदार, सबसे बड़ा 'नाइट'; ~mama दादी या नानीको बुलानेके लिए बच्चोंका स्नेहपूर्ण सम्बोधन-शब्द; G~ Monarch फ्रांसका लुई चतुर्दश; ~mother दादी, नानी, पितामही, मातामही; v. रोगीकी तरह परिचर्या करना, कोमलतासे व्यवहार करना, दुलार करना इत्यादि; G~ National लिवरपूलकी सालाना घुड़दौड़; ~-nephew भ्रातृ-पौत्र, भाईका पोता या नाती; भागिनेय इत्यादिका पुत्र, बहिनका पोता या नाती; ~-niece भाईकी पोती या नतिनी; G~ Old Man (G.O.M.) वयोवृद्ध नेता, ग्लैडस्टनकी सम्मान-पूर्ण पदवी; ~papa दादा या नानाके लिए बच्चोंका स्नेहपूर्ण सम्बोधन-शब्द, ~parent दादा-दादी, नाना-नानी; पिता अथवा माताके पिता-माता; ~ piano(forte) आड़े तारोंवाला पियानो, एक प्रकारका बड़ा-सा समतल पियानो वाद्ययन्त्र; ~ signior, signor, signora सम्माननीय महाशय या महाशया इत्यादि, श्रीमान, श्रीमती; ~sire दादा; पुरखा; वृद्ध व्यक्ति; पशुका पुरखा; घण्टी बजानेका एक विशेष ढंग; ~son पौत्र, पोता, पुत्रका पुत्र; नाती, पुत्रीका पुत्र; ~ stand ⊙ दौड़ आदि खेलोंके दर्शकोंके लिए बना हुआ एक विशेष प्रकारका स्थान (जहाँ खड़े होकर वे रेस इत्यादि देखते हैं); ~ style (बड़े कामोंके साथ प्रयुक्त) भव्य शैली, शानदार तरीका; ~ total कुल योग, कई संख्याओंका योग; G~ Turk तुर्कीका सुलतान; G~ Vizier तुर्कीका प्रधानमन्त्री या वजीर आजम; ~-uncle दादा या नानाका भाई; upright ~ एक प्रकारका बड़ा-सा सीधा खड़ा होनेवाला पियानो वाद्ययन्त्र; *do the* ~ भव्यता या विशालताका कार्य करना, गर्वीली चेष्टाएँ करना, तड़क-भड़क दिखाना, शान दिखाना, ठाट-बाट दिखाना, करामात दिखाना; ~*mother the cups* तश्तरियोंको भिगोना जिससे प्याले न फिसलें; *to suck* ~ अपनेसे अधिक अनुभवीको शिक्षा देना ।

grandam(e) n. आजी, दादी, बड़ी अम्मा, बुढ़िया माई ।

gran(d)dad n. आजा, बाबा, बड़े दादा ।

grandee n. अभिजात व्यक्ति, कुलीन व्यक्ति, उच्च-पदस्थ व्यक्ति, महाजन, अमीर, सेठ, रईस, बड़ा आदमी; स्पेनी या पुर्तगाली उच्चपदस्थ व्यक्ति ।

grandeur n. चरित्रकी महानता, उत्कर्ष, श्रेष्ठता, महिमा, विभव, तेज; गौरव, बड़ाई, बड़प्पन; व्यक्तित्वका प्रताप अथवा प्रभाव; शोभा, प्रतिष्ठा या पद ।

Grand Guignol n. वह नाटक जिसमें बहुतसे छोटे-छोटे प्रभावपूर्ण तमाशे दिखाये जाते हैं ।

grandiloquence n. वाक्पटुता, वागाडम्बर, शब्दा-डम्बरप्रियता, साधारण बात कहनेके लिए बड़े-बड़े शब्दों और जटिल वाक्योंका प्रयोग ।

grandiloquent a. वागाडम्बरपूर्ण, वागाडम्बर पटु, शब्दाडम्बरप्रिय, जो साधारण-सी बात कहनेके लिए बड़े-बड़े शब्दों और जटिल वाक्योंका जो प्रयोग करे या जिसमें ऐसे प्रयोग हो ।

grandiose a. आडम्बरपूर्ण; समारोहपूर्ण; भव्य, महान्, धूम-धामका, तूम-तड़ाकका ।

grandiosity n. आडम्बर; समारोह; भव्यता, धूम-धाम, तूम-तड़ाक ।

Grandisonian a. महामहिम, अति उदार; अत्यन्त नम्र ।

grandness n. भव्यता, भड़कीलापन; श्रीसम्पन्नता, वैभवशालिता; गुरुता; गम्भीरता; तेजवत्ता, उज्ज्वलता; वृहत्ता, बड़प्पन; सर्वप्रमुखता, माहात्म्य, महत्त्वपूर्णता;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

रूपवत्ता, खूबसूरती; प्रतिष्ठा।

grange n. धान्यागार, अन्नागार, खलिहान, खत्ती; शस्यागारयुक्त ग्राम-गृह, चक, खलिहानके धान्यागारसे सटकर बना हुआ गाँवका मकान।

granger ⊙ n. अन्नागार-रक्षक, कृषि-अभिकर्ता, खेतीका एजेण्ट।

grangerism n. चित्र-संकलन, अन्य स्थानोंसे चित्रादि लेकर किसी पुस्तकमें सन्निविष्ट करनेकी प्रथा।

grangerite n. चित्र-सम्पादक, अन्य स्थानोंसे चित्रादि लेकर सन्निविष्ट करनेका कायल।

grangerization n. चित्र-संयोजन, अन्य स्थानोंसे चित्र आदि लेकर किसी पुस्तकमें चिपकानेकी क्रिया।

grangerize v.t. अन्य स्थानोंसे चित्रादि लेकर किसी पुस्तकमें सन्निविष्ट करना (अन्य पुस्तकोंकी कटिंग लेकर) चित्रित करना; अतिरिक्त चित्र देना।

grangerizer n. चित्रसंग्रहीता, अन्य स्थानोंसे चित्रादि लेकर किसी पुस्तकमें चिपकानेवाला।

granges ⊙ n. कृषक-संघ, किसानोंकी यूनियन।

graniferous a. दानेदार, दानोंसे युक्त; अन्नप्रद।

graniform n. कणरूप, दानेके आकारका।

granite n. कणाश्म, स्फटिक प्रस्तरविशेष, भुरभुरा-पत्थर, ग्रेनाइट; ~ city स्कॉटलैण्डका एक स्थान;
~ block, ~ core, ~ genesis ~ grey, ~ schist, ~-ware.

granitic a. कणाश्मीय, दानेदार पत्थरका।

granitification n. कणाश्मन, ग्रेनाइटके रूपमें परिवर्तित होना।

granitiform a. दानेदार पत्थरके आकारका।

granitoid n. & a. दानेदार पत्थरके आकारका।

granivorous a. शस्यभक्षक, अन्नभोजी, कणाद, बीज खाकर जीनेवाला, गल्लेपर निर्भर रहनेवाला, अनाज खानेवाला।

grannom, granam nn. जलमक्षिका।

granny n. दादी, नानी (इस शब्दका इस अर्थमें प्रयोग प्यार या घृणाके अवसरोंपर होता है), कोई वृद्धा स्त्री; ~'s *bend* or *knot* पालके लपेटे जा सकनेवाले भागमें दी गयी गाँठ।

granolithic a. ग्रेनाइट और सीमेण्टसे बना हुआ।

grant १. n. कानूनी स्वीकृति, अधिकार-दान, अनुदान, विनियोग, प्रदाय; दानपत्र, अधिकारपत्र, सनद; २. v.t. अनुदान देना, स्वीकृत करना, मंजूर करना (अनुरोध); कानूनन जायदाद देना, बख्शना; दान करना, प्रदान करना, भेंट देना, हक देना; अनुमति देना, मानना, किसी चीजको बहसके पहले स्वीकृत तथ्यके रूपमें मानना; ~-in-aid सहायक अनुदान।

grantable a. स्वीकार्य, स्वीकार करने योग्य, मंजूर करने लायक, मानने लायक, देने योग्य।

granted a. अनुदत्त, दान की हुई (सम्पत्ति); स्वीकृत; *take for ~ed* बिना प्रमाणके मान लेना, ग्रहण कर लेना।

grantee n. अनुदेयी, अनुदानग्रहीता, अनुदान-भोगी, दानभोगी, आदाता, जागीरदार।

granter, grantor n. अनुदानकर्ता, अनुदाता, दान देनेवाला।

granular a. कणमय, कणिकामय, कणात्मक; बीजमय, बीजाकार, दानेदार, दानोंकी तरहके।

granularity n. कणवत्ता, कणिकामयता, कणात्मकता।

granularous a. दानेदार, दानेका।

granulate[1] a. कणात्मक, दानेदार।

granulate[2] v.t. & i. छोटे-छोटे कणों या टुकड़ोंमें जुड़ना, खुरदुरा करना, दानेदार बनाना, सतहको ऊबड़-खाबड़ बनाना, अंगूर आना, घाव भरना।

granulated a. कणात्मक, खुरदरा, दानेदार, ऊबड़-खाबड़।

granulation n. अंकुर, अंगूर; कणीभवन, दानेदार होना या करना; खुरदरा होना, ऊबड़-खाबड़ होना।

granulator n. दानेदार बनानेवाला।

granule n. कणिका, छोटा कण, रवा, दाना।

granuliferous a. कणमय, कणिकायुक्त, खुरदरा, ऊबड़-खाबड़।

granuliform a. (खनिज) कणात्मक संरचना-युक्त, दानेदार बनावटवाला।

granulous a. = GRANULIFEROUS.

grape n. द्राक्षा, अंगूर, दाख; घोड़े आदिके गुल्फपर मांसकी वृद्धि; ~-brandy शुद्ध अंगूरकी बनी हुई शराब, खालिस अंगूरकी ब्राण्डी; ~-cure अंगूरसे तैयार की हुई औषध; ~-fruit निम्बु, छोटा चकोतरा, एक प्रकारकी छोटी नारंगी; ~-scissors अंगूर-कर्तनी, अंगूर काटनेकी कैंची; ~-shot छर्रा; ~-sugar अंगूरकी चीनी, अंगूरकी खाँड, ग्लूकोज; ~-vine अंगूरकी बेल, ○ अंगूरकी शराब; बर्फपर चलनेकी स्थिति, पैर जोड़कर चलनेका पैंतरा;
~ black, ~-hued, ~ juice, ~-leaved, ~-root, ~-shaped, ~-sized, ~ skin, ~-stalk, ~ stone.

grapery n. द्राक्षोद्यान, अंगूर-वाटिका, अंगूरका बाग।

graph[1] n. सम्बन्ध-सारणि, रेखाचित्र, लेखाचित्र, बिन्दुरेख, ग्राफ।

graph[2] १. n. मुद्र, लेख-साधन, सरेससे बना हुआ एक प्रकारका प्रतिलिपि उतारनेका उपकरण (जैसे, *helio~, seismo~, tele~*); २. v.t. प्रतिमुद्रित करना, उपर्युक्त उपकरण द्वारा प्रतिलिपि उतारना।

graphic, -al aa. सुनिर्दिष्ट, चित्रमय, सुस्पष्ट, सुचित्रित, सुलिखित; सुवर्णित, अच्छी तरह निरूपित; लेखाचित्रीय; बिन्दुरेखीय।

graphicalness n. सुस्पष्टता, सुचित्रितता, सुलिखितता; सुवर्णितत्व।

graphics n. बिन्दुरैखिकी, बिन्दुरेखा-तत्त्व; गणितचित्रण-कला, ग्राफसे चित्र बनानेकी कला।

graphiology n. = GRAPHOLOGY.

graphite n. लिखिज, पेंसिल बनानेमें व्यवहृत एक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

प्रकारकी धातु; एक प्रकारका कार्बन; काला सीसा।

graphitic, graphitoid aa. काले सीसे-सा।

grapholite n. लेख-फलक, लिखनेकी विशेष स्लेट।

graphology n. हस्तलैखिकी, हस्तलेखा-विज्ञान, लेख-सामुद्रिक; लेखाचित्रोंकी सांकेतिक चिह्नावली; लेखाचित्र-सम्बन्धी सूत्रप्रणाली; लिखावटसे चरित्र मालूम करनेकी कलाका अध्ययन।

graphometer n. कोणमान, कोणमापक।

grapnel n. ग्रभांकुश, लौहबन्धक-यन्त्र, काँटा, कँटिया, अँकड़ा, नौका-लंगर, अनेक धारवालाछोटा लंगर; शत्रुपोतबन्धक।

grapple १. n. लौहबन्धक-यन्त्र, अँकड़ा, काँटा; ग्राह, धरण; पकड़ (जैसे, कुश्ती लड़नेवालोंकी), मुठभेड़, हाथा-पाई, मारपीट; २. v.t. & i. दबोचना, झपटना, बाँधना, (जैसे, लौहबन्धक-यन्त्रसे); जुटना, गुथना, भिड़ना, पकड़ लेना, द्वन्द्वयुद्ध करना, मुठभेड़ करना; ~ *with* (कोई अभीष्ट) सिद्ध करनेका प्रयत्न करना; व्यवहार अथवा लेन-देन करनेका प्रयत्न करना; विजय पानेका प्रयत्न करना।

grappling १. n. दबोचने, झपटने, बाँधने (लौह-बन्धक-यन्त्र इत्यादिसे), द्वन्द्वयुद्ध करने, मुठभेड़ करने, हाथोंकी पकड़ लेने आदिकी क्रिया; २. a. पकड़नेवाला (~ *iron*)।

grapy a. द्राक्षावत्, अंगूर-जैसा।

grasp १. n. ग्राह्यता, पूर्ण ज्ञान, बोध, मानसिक पकड़, समझ; हाथ; अधिकार, वश; संग्राह, गहरी पकड़, मुट्ठी, चंगुल, पंजा; २. v.t. & i. मस्तिष्कसे पकड़ना अर्थात् समझ लेना, ग्रहण करना, जान लेना; कसकर पकड़ना, थामना; ~ *at* लोभपूर्वक पकड़ना; उत्कट इच्छाके साथ स्वीकार करना, पकड़ने या दबोचनेका प्रयत्न करना; ~ *nettle* साहसके साथ कठिनाई या खतरेका सामना करना; *within, beyond,* one's ~ हाथमें, वशमें, काबूके अन्दर; हाथके बाहर, अवश, काबूके बाहर।

graspable a. ग्राह्य, ग्रहणीय, दबोचने या पकड़ने योग्य; ज्ञातव्य, जानने योग्य।

grasper n. अवधारक, ग्राहक, ज्ञाता, समझनेवाला।

grasping a. आकांक्षी, लोलुप, लोभी, लालची।

graspingness n. पकड़, बोधत्व, ग्रहणशीलता, समझनेका गुण।

grass* १. n. तृण, दर्भ, कुश, शस्य, घास*; वनस्पति समुदाय; तृणभूमि, चरागाह; चारा; (खानकी खुदाई इत्यादिमें) धरातल; सुरंगका सिरा; २. v.t. घासकी तहसे आच्छादित करना, फूससे ढँकना; सुखाकर जलानेवाली घाससे आच्छादित करना; रंग उड़ाने अथवा सफेद करनेके लिए किसी वस्तुको (पटुआ, सन इत्यादि) घासपर बिछाना; (चिड़ियाको निशाना लगाकर) जमीनपर गिराना; (मछलीको) किनारेपर खींचना; ~ hopper पतम, घासबल्गी, टिड्डु, टिड्डा, फतिंगा; ~-snake एक प्रकारका साँप; ~ widow विरहिणी पत्नी; *at* ~ अवकाशमें, कार्यमुक्त, छुट्टीपर; *go to* ~ भूलुण्ठित होना, धराशायी होना, पछाड़ खाना, जमीन सूँघना; ~ *does not grow under* one's *feet* शीघ्रकर्ता, वह व्यक्ति जो किसी कार्यको करनेमें तनिक-सा भी समय नष्ट नहीं करता;

~ bacillus, ~bird, ~ blade, ~ cloth, ~ contractor, ~ costs, ~ cover, ~-covered, ~-cutter, ~-cutting, ~ farm, ~-fed, ~ fern, ~green, ~-grown, ~ invasion, ~ juice factor, ~land, ~-leaved, ~ mower, ~nut, ~-oil, ~-owl, ~-plot, ~ press, ~ proceeds, ~ pulp, ~ pulp sheet, ~ reserve, ~ revenue, ~-roofed, ~ rope, ~ seed, ~ stem, ~ steppe, ~ undergrowth, ~-warbler, ~work, ~worker.

grassiness n. तृणमयता, शस्यपूर्णता, घासयुक्तता; हरीतिमा, हरियाली।

grassless a. घासविहीन।

grassy a. शस्यपूर्ण, घासयुक्त, घासवाला, तृणमय, हरा।

grate[1] n. अंगीठीकी झंझरी अथवा जाली; लोहे या किसी अन्य धातुका जँगला; चुल्ली, आतिशदानमें लगा हुआ सलाखदार चौखटा; आतिशदान; दमकला, भट्ठी।

grate[2] v.t. & i. अप्रीतिकर होना, विरक्तिकर होना; (दाँत) पीसना; ऊबड़-खाबड़ सतहपर रगड़कर रवे करना, चूरा करना, कणोंमें परिवर्तित करना, बुरादा करना; दर-दराना, कण-कणमें परिवर्तित होना; (कब्जे इत्यादिका) चिड़चिड़ाना, चर्राना; जोरकी कर्कश आवाज पैदा करना; रगड़ना या खरोंचना।

grated a झँझरीदार, जालीदार, जँगलेदार, सलाखदार।

grateful a. आभारी, कृतज्ञ, एहसानमन्द; रमणीय, सन्तोषप्रद, आनन्ददायी, सुखदायी; स्वीकार्य; श्रमपरिहारी।

gratefulness n. आभार, कृतज्ञता, एहसानमन्दी।

grateless a. झँझरीविहीन, जालीविहीन।

grater n. अप्रीतिकर, विरक्तिकर; (दाँत) पीसनेवाला; घर्षण-यन्त्र, घर्षक, चूर्णकर्ता, भंजक, झाँवाँ, रेती; कण-कणमें परिवर्तित होनेवाला; चिड़चिड़ानेवाला, चर्राहट उत्पन्न करनेवाला; कर्कश आवाज पैदा करनेवाला; खरोंचनेवाला।

graticulation n. (चित्रको छोटा या बड़ा करनेके लिए) वर्गीयन, वर्गोंमें विभाजित करना।

graticule n. काचश्रेणी, जाला, ग्रैटीक्यूल।

gratification n. पारितोषिक, पुरस्कार, भेंट; परि-तोषण; परितुष्टि, तृप्ति, सन्तोष, आनन्द; आराधन, प्रसादन, तोषण।

gratifier n. तोषक, परितोषक, सन्तुष्ट करनेवाला।

gratify v.t. सन्तुष्ट करना, परितुष्ट करना, प्रसन्न करना, तृप्त करना, इच्छा पूरी करना, रिझाना; आभारी बनाना, एहसानमन्द बनाना; पारिश्रमिक देना, शुल्क देना, मजदूरी देना; घूँस देना, मुँह भरना, रिश्वत देना; भेंट देना (रुपयों-पैसोंकी); बदला देना; पुरस्कार देना।

gratifying a. तृप्तिकर, सन्तोषप्रद, सुखकर, सुखदायी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

grating १. n. झर्झरी, झंझरी, जाली, जँगला, सलाख; समानान्तर तारोंका समूह अथवा शीशेकी सतह; २. a. कर्कश, निष्ठुर, कड़ा।

gratis १. a. निःशुल्क, निर्मूल्य, बिना मूल्य, मुफ्त, फोकट, बेदाम, सेंत-मेंत; २. adv. पुरस्कारस्वरूप।

gratitude n. आभार, कृतज्ञता, अनुगृहीतता, एहसानमन्दी।

gratuitous a. निःशुल्क, बिना मूल्य प्राप्त, फोकट, मुफ्त, सेंत-मेंत, बेदाम; अकारण, अहेतुक, निरुद्देश्य, व्यर्थ, बेकार; बिना अधिकार; ~ relief दातृ सहायता।

gratuitousness n. निर्मूल्यता; अकारणता।

gratuity n. उपदान, आनुतोषिक, धनदान; वेतन, मजदूरी; (सैनिकों आदिको अवकाश-प्राप्ति अथवा अन्य किसी अवसरपर दी जानेवाली) वृत्ति, विश्रामानुदान, सेवा-पारितोषिक।

gratulate v.t. बधाई देना।

gratulation n. बधाई-दान, बधाई।

gratulatory a. (अन्यकी सफलता आदिपर) आह्लाद-प्रकाशनका, साधुवादात्मक, बधाईका, मुबारिकबादीका।

graupel n. कच्चे ओले।

gravamen n. घोर अभियोग, भारी आरोप, सबसे बड़ा इलजाम; मुख्य भाग, निकृष्टतम भाग (आरोप, उलाहनाके सम्बन्धमें); उलाहना, शिकायत; कष्ट, तकलीफ; मुख्य कारण, मूल, सार; (चर्चकी अव्यवस्थाओं अथवा कष्टोंके विषयमें) उपाधिवितरणोत्सव (Convocation) पर निम्नभवन (Lower House) द्वारा उच्चभवन (Upper House) को भेजी हुई प्रार्थना।

grave[1] n. समाधि, शवाधि, कब्र, कब्रका पत्थर; शवको दफनानेके लिए गड्ढा; उसके ऊपरका स्मारक-चिह्न; आलू इत्यादि दबानेका गड्ढा; (ला०) मरण, मृत्यु, काल, अन्त; नाश; ~-clothes शववस्त्र, कफन; ~stone समाधि-प्रस्तर; ~yard शवभूमि, कब्रगाह, कब्रिस्तान; *make* one *turn in his* ~ आत्माको कब्रमें बेचैन करना; जीवनकालमें इतना दुःख पहुँचाना कि समाधिमें भी आत्माको शान्ति न मिले; किसी बड़े कार्य इत्यादिसे किसीकी आत्माको चोट पहुँचाना; *one foot in the* ~ मरणासन्न, मृत्युके सन्निकट, मराऊँ; एक पाँव कब्रमें;

~-born, ~-bound, ~ clod, ~-digger, ~-maker, ~-making, ~ rites, ~ship, ~side.

grave[2] v.t. (भू० कृ०, कर्म० कृ० *graven, graved*); (प्रा०) गाड़ना, दफनाना; (प्रा०) काटना, बोटी काटना, उत्कीर्ण करना, तराशना; रूप बनाना; गढ़ना, नक्काशी करना; खोदना, उभरवाँ खोदना; जम जाना, बैठ जाना, टिक जाना (दिमाग इत्यादिमें)।

grave[3] n. & a. गम्भीर, गुरु, गम्भीरतासे विचारणीय (भूलें, कठिनाइयाँ, उत्तरदायित्व, लक्षण), महत्त्वपूर्ण, सारवान, बड़ा, भारी, संगीन; आडम्बरहीन, सादा; आह्लादहीन, आनन्दविहीन; विभीषक, उग्र, घोर, (~ *disorder*), भयंकर, भयानक, डरावना, दहशत पैदा करनेवाला; कड़ा, सख्त, संजीदा; (स्वराघातके सम्बन्धमें) बलहीन स्वराघातवाला; बलहीन (स्वराघात); कोमल; ~ accent गुरु स्वर, उदात्त स्वराघात, बली स्वराघात।

grave[4] v.t. जहाजको बन्दरगाहमें लाकर उसके पेंदेको साफ करके कोलतार पोतना।

gravel १. n. कंकरीट, कर्कर, कंकर, गिट्टी, रोड़ी, रेत-कंकड़, बजरी, संगरेज; मोटी बालू मिले हुए पत्थरके छोटे-छोटे टुकड़े, चूरा; (भूगर्भ०) खानकी खुदाईसे सम्बन्धित रेतकंकड़की पर्त या तह; स्वर्णमिश्रित रेतकंकड़-स्तर; (निदान०) मूत्रकृच्छ्र, मूत्ररेणु, अश्मरी, मूत्रस्फटिक रोग, पथरी; २. v.t. कंकर या रोड़ी डालना, बजरी बिछाना; घबड़ा देना, बन्द करना; चक्करमें डाल देना।

gravelly a. कंकड़वाला, कंकरीला।

graveless a. समाधिहीन, कब्रहीन, जिसे कब्र न मिली हो, बिना कब्रके।

graven a. उत्कीर्ण, खुदा हुआ, नक्काशी किया हुआ; ~ image उत्कीर्ण मूर्त्ति या प्रतिमा, गढ़ी मूरत।

graveness n. गाम्भीर्य, गम्भीरता; गुरुता, गौरव, महत्त्व, भारीपन।

graveolence n. कुवास, दुर्गन्ध, बदबू।

graveolent a. दुर्गन्धित, बदबूदार।

graver n. उत्कीर्णक, नक्काश।

Graves n. हलके सफेद रंगकी एक फ्रांसीसी शराब।

graveward a. & adv. मरणोन्मुख, मृत्युकी ओर अग्रसर।

gravid a. (का०) गर्भवती, गर्भयुत, सगर्भ, निषिक्त।

gravidity n. निषिक्ति, गर्भयुक्तता।

gravied a. मांसयूषाच्छन्न, मांसयूषावृत, रसेदार।

gravigrade a. गजगामी, मत्तगयन्दगामी, हाथी-जैसा चलनेवाला।

gravimeter n. भारमान, ग्रैवीमीटर।

gravimetric a. भारमानीय, भारमितीय, ग्रैवीमीटर-सम्बन्धी।

gravitate v.t. & i. आकर्षण-केन्द्रकी ओर खिंचना, अभ्याकर्षित होना, नीचे जाना अथवा डूबना, आकर्षित होना, निम्नतर सतहकी ओर झुकना या जाना, नीचे जाना, झुकना; (परिवर्ति०) किसी प्रभाव-केन्द्रकी ओर अत्यधिक आकर्षित होना; (हीरोंकी खुदाई) रेत-ककड़ या रोड़ी इत्यादिको इस तरह चालना कि भारी पत्थरके टुकड़े तलमें डूब जायें।

gravitation n. गुरुत्वाकर्षण, अभ्याकर्षण, केन्द्राकर्षण, अभ्याकृष्टि, खिचाव।

gravitational, gravitative aa. केन्द्राकर्षण-सम्बन्धी अथवा केन्द्राकर्षणका, गुरुत्वाकर्षण-सम्बन्धी अथवा गुरुत्वाकर्षणका, अभ्याकृष्ट, अभ्याकृष्टि-सम्बन्धी।

gravity n. आकर्षण-शक्ति, भूम्याकर्षण, भ्वाकृष्टि, गुरुत्वाकर्षण-शक्ति; किसी वस्तुके दूसरी वस्तुकी ओर आकर्षणका वेग; गुरुत्व, बोझ, भारीपन, भार, वजन;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

गम्भीर आचरण; गुरुता, गम्भीरता, महत्त्व, अहमियत, संजीदगी; specific ~ किसी भी प्रकारके पदार्थकी आनुपातिक तौल, आपेक्षिक या आनुपातिक भार;

~ canal, ~ centre, ~ dam, ~ receptor, ~ yard.

gravure n. (PHOTOGRAVURE का संक्षिप्त) उत्कीर्णन, नक्काशी।

gravy n. मांसयूष, पक्कमांसरस; गोश्तके साथ खानेका शोरवा या रसा, यखनी; ~-boat पक्कमांसरस-पात्र।

gray ⊙ a. धूसर, धवल, धौला; = GREY;

~back, ~-bearded, ~-clad, ~coat, ~-eyed, ~ fish, ~ fly ~-haired, ~-leaved, ~pate, ~-toned, ~-winged.

grayling n. धूसरा, रजतकर्बूर लम्बपंखी मत्स्य, रुपहले भूरे रंगकी मीठे पानीवाली एक विशिष्ट मछली; एक प्रकारकी तितली।

grayness n. धूसरता, धवलता।

graze[1] १. n. ऑस्पर्श, रगड़, खरोंच, खराश; २. v.t. & i. रगड़ना, घिसना, छील देना या (चमड़े आदिका) छिल जाना; जाते-जाते जरा-सा छू जाना; छूते हुए निकल जाना; हलकी खराश (शरीरके किसी भागमें) अथवा खरोंच पैदा कर देना, खरोंच इत्यादि लग जाना।

graze[2] v.t. & i. (मवेशियोंको) घास खिलाना, घास चराना; घास खाना, घास चरना।

grazer n. घासभक्षक, चरनेवाला पशु।

grazier n. पशुपालक, पशुचारक, पशुओंको चरानेवाला, चरवाहा, चरकटा, घसियार; पशुओंको पालकर उनका विक्रय करनेवाला; बेचनेके लिए पशु पालनेवाला।

graziery n. तृणभूमि, चरागाह, चरी, चरनी, पशुओंके चरनेका मैदान।

grazing n. चारण, चरन, चराई; चरागाह; चरवाहागीरी;

~ animals, ~ area, ~ capacity, ~ cash book, ~ certificate, ~ circle, ~ concession, ~ district, ~ dues, ~ exemption, ~ facility, ~ fee, ~ ground, ~ incidence, ~ land, ~ licence, ~ meadow, ~ pass, ~ revenue, ~ rights, ~ rotation, ~ rules, ~ subcircle, ~ system, ~ tract, ~ unit, ~ year.

grease[1] n. मृग या किसी अन्य शिकारके पशुकी चर्बी, मांससार, आवसा; अप्रक्षालित ऊनकी चर्बी, स्नेह, ऊनकी चिकनाई; चिकनाई, रोगन; चिकना पदार्थ, गिरीस; एक रोग जो घोड़ोंके पैरोंमें लग जाता है; ~-paint एक प्रकारका रोगन; *in* ~, *in pride* or *prime of* ~ मोटा-ताजा, चर्बीदार, तैयार (पशु); *wool in the* ~ अप्रक्षालित ऊन, पशम;

~ band, ~ cup, ~ gun, ~ lubrication, ~ pencil, ~ spot, ~ spot photometer.

grease[2] v.t. चर्बी लगाना, चिकनाना, चिकना करना, चिकनाई या गिरीस लगाना; घोड़ेको पैरकी बीमारीसे ग्रस्त करना; ~ *the palm of* रिश्वत देना, मुट्ठी गरम करना, घूस देना; *like* ~*d lightning* (प्रा०) अत्यन्त तीव्र, वेगपूर्ण, बहुत तेज।

greaser n. चर्बी या गिरीस देनेवाला, आदि क्रियागत अर्थोंमें; आवसादाता, तेलवाला; (प्रा०) मैक्सिकोका मूलनिवासी अथवा स्पेन-अमरीकी।

greasiness n. चिक्कणता, चिकनाई, चिकनाहट; चाटुकारिता, खुशामदीपन।

greasy a. आवसामय, आवसा-सदृश, चर्बीदार, चर्बी-जैसा, चर्बीला, चिकना, गिरीसमें सना हुआ; अप्रक्षालित (ऊन); (घोड़ा) जिसके पैरमें बीमारी हो; (आचरणके सम्बन्धमें) विरुद्ध या प्रतिकूल होते हुए भी मधुर व्यवहार करनेवाला, चिकनी चुपड़ी बातें करनेवाला, मीठी जबानवाला, लल्लो-चप्पो करनेवाला, चापलूस; कीचड़दार या सीलसे चिपचिपा; ~ pole चिकना बाँस या खम्भा।

great* १. n. (विशेषणका संज्ञाके रूपमें प्रयोग) वह (व्यक्ति या वस्तु) जो भव्य, श्रीसम्पन्न, उत्तम, महान्, गुरु, गम्भीर, यथानाम तथा गुण, असाधारण, सुन्दर, अत्यधिक, विभवशाली, उज्ज्वल, महत्त्वपूर्ण, योग्य, प्रसिद्ध, तेजवान्, शानदार इत्यादि हो; २. a. वृहद्, (विस्मयजनक रूपसे) बड़ा*, अत्यधिक, भारी, प्रसिद्ध; महत्त्वपूर्ण, गम्भीर, महान्*, महत्, विस्तीर्ण, उच्च, प्रमुख; (किसी विषयमें) निपुण, अत्यधिक पारंगत; बहुत अधिक सन्तोषजनक; असाधारण; श्रीसम्पन्न, भव्य, उज्ज्वल, वैभवशाली, उत्कृष्ट, उत्तम, बढ़िया, अच्छा, सुन्दर, असाधारण योग्यताका, शानदार (चरित्रका); अत्यधिक मात्रा अथवा संख्यामें कार्य करनेवाला, अपने नामके ही अनुसार योग्य, यथानाम तथा गुण (~ *friends*); एक या एकाधिक बार *son, father. mother* आदि सम्बन्धसूचक शब्दोंके साथ व्यवहृत होनेपर ऊपर या नीचेसे एक या एकाधिक पीढ़ीका वाचक (*grandfather* प्रपितामह, ~ *grandmother* परदादी, ~ *grandson* प्रपौत्र); ~ G~ Assize, Day or Inquest न्यायदिवस, प्रलय अथवा कयामतका दिन, हश्र; G~ Britain[1] इंग्लैण्ड, स्काटलैण्ड एवं वेल्सका संयुक्त-राज्य; G~ Britain[2] ब्रिटेन तथा ब्रिटेनके राज्य; G~ God !, Caesar !, Scott ! विस्मयादिबोधक उद्गार; ~-hearted विशाल-हृदय, उच्चमना, उदारस्वभाव, उच्चहृदय, मानव-हृदय; G~ Titmouse वृहद् वल्गुली, एक प्रकारकी चिड़िया, फुदकी पक्षीकी बड़ी जाति; ~ toe पादांगुष्ठ, बड़ा अँगूठा; *a* ~ *big loaf* or *thick stick* बड़ा भारी मूर्ख या अहमक।

greatness n. गुरुता, महत्ता, महानता, गौरव, गरिमा, वैभव, ऐश्वर्य, बड़ाई, बड़प्पन।

greats n. (आक्स०) अन्तिम स्नातक-परीक्षा, बी० ए०की फाइनल परीक्षा।

greave n. (प्रायः pl.) युद्धमें पिण्डुलियोंकी रक्षाके लिए व्यवहृत होनेवाला (-वाले) कवचखण्ड।

greaves n. pl. चर्बीका तन्तुयुक्त असार भाग, तलछट,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

मछलियोंका चारा।

grebe n. बज्जुल, एक प्रकारका पुच्छविहीन छोटा पक्षी, ग्रीब।

Grecian १. n. यूनानका विद्वान्, यूनानी पण्डित; क्राइस्ट हॉस्पिटलमें उच्चतम कक्षाका विद्यार्थी; २. a. यूनानी, यूनानका; ~ bend कृत्रिम चाल, बनावटी चाल, आगेकी ओर झुककर चलनेका १८७० में प्रचलित एक ढंग; ~ knot चोटी, जूड़ा; ~ nose ललाटकी सीधी और स्थायी रेखायें; ~ slippers पूर्वी नमूनेके बने हुए स्लीपर।

Grecianize v.i. यवन रूप देना, यूनानी बनाना।

Grecism n. यवन शैली, यूनानी-प्रथा, यूनानी रीति-रिवाज।

grecize v.t. = GRECIANIZE.

gree n. प्रतिष्ठा; उपाधि, पद, स्थान; पादक्षेप, पैंतरा।

greed n. लोभ, लिप्सा, लोलुपता, लालच।

greediness n. लोलुपता, लुब्धता, लोभीपन, लालचीपन, लुटेरापन, पेटूपन।

greedy a. लोलुप, लोभी, लुब्ध, लालची; पेटू, खाऊ; उत्सुक, अत्यधिक इच्छुक, आतुर।

Greek १. n. यूनानका निवासी, यूनानी जातिका व्यक्ति; यूनानके चर्चका सदस्य; यूनानी भाषा; ठग, मक्कार व्यक्ति; २. a. यूनान-सम्बन्धी, यूनानका अथवा यूनानके लोगोंका; यूनानके विषयमें, यूनानकी भाषामें अथवा यूनानके अनुसार लिखा हुआ या बोला हुआ; ~ Church, orthodox या Eastern भी, यूनानी ईसाई धर्म; ~ gift हानि पहुँचानेके उद्देश्यसे दिया हुआ उपहार; ~ *to me* मेरी बुद्धि या समझसे परे; *when ~ meets ~, then comes the tug of war,* (प्रा०) *~s joined ~s, there was*...समानताकी मुठभेड़के अर्थमें कथित;

~ architecture, ~ art, ~ cross, ~ culture, ~ orders.

Greekless a. यूनानीसे अपरिचित।

green* १. n. हरित वस्तु; अपक्व, विकसित होती हुई, अशुष्क, मुलायम, कच्ची वस्तु; समुद्रके पानी, घास, मरकत-मणि (पन्ना), जैतून इत्यादिका रंग, हरा रंग; पनपती हुई, हरी-भरी, शाक-पातसे आच्छादित वस्तु; शाक भाजी; रोगीवत् रूप-रंगकी या पीली जर्द वस्तु (मुख, शरीर, इत्यादि); प्राणवान् या चेतन वस्तु या जीव, बिना मुरझायी हुई, बिना नष्ट हुई वस्तु; अनुभवहीन या अविकसित व्यक्ति या जीव; ईर्ष्यालु, डाही, जलनेवाला व्यक्ति या जीव; तृणभूमि या घासका मैदान; पकानेके बाद या कच्ची तरकारियाँ; हरापन, हरियाली, वनस्पतिके सदृश वृद्धि; सन्तानोत्पादन-शक्ति, पौरुष, शक्ति, यौवन; २. a. हरा-भरा, हरियाला, शाक-पातसे आच्छादित, पनपता हुआ; हरित, हरा*, समुद्रके पानी, घास, मरकतमणि (पन्ना), जैतून इत्यादिके रंगका; (रंग-रूपके सम्बन्धमें) रोगीवत, पीला (*~-eyed*); (ला०) ईर्ष्यालु, डाही, जलनेवाला; (फल इत्यादिके सम्बन्धमें) अशुष्क, अपरिपक्व, विकसित होता हुआ, कच्चा, मुलायम, बढ़ता हुआ; अविकसित, अपक्व, अनुभवहीन, अनाड़ी; नव, अभिनव; प्राणवान्, जीवनशक्तियुक्त, चेतन, जीता जागता, जो कुम्हलाया या मुरझाया न हो; ताज़ा (घाव), जो भरा हुआ न हो *(a ~ wound)*; a ~ Christmas, season, Yule बड़े दिनका त्योहार, बर्फहीन सुहावना मौसम; a ~ old age बुढ़ापेमें भी युवावस्थाकी-सी चंचलता, उत्साह और उत्फुल्लता, खुशी और जिन्दादिली; a ~ wound हरा घाव, तुरन्तका लगा हुआ घाव, वह घाव जो सूखा न हो; ~back हरितपत्र; विधिग्राह्य कागजी मुद्रा⊙; ~-blind जिसे हरा रंग न दिखायी दे; ~-book सरकारी पुस्तक; ~ cheese कच्चा पनीर; (Board of) G~ Cloth खेलनेकी मेज; गृह-विभागोंमेंसे एक विभाग; ~ crop हरित शस्य, हरी शाकभाजियोंकी फसल; ~ earth हरिमृद्, हरी मिट्टी; एक प्रकारके हरे रंगका मिट्टीके गुणोंवाला खनिज-पदार्थ; ~finch ब्राह्मपीतोदर, तीक्ष्णचंचु, हिमालयका हरित-चटक, सामान्य पीतोदर, पक्षीविशेष; ~ fly एक प्रकारका छोटा कीड़ा; ~gage आलूचे जैसा एक हरा फल; ~ goose चार महीनेसे कमकी बतख; ~grocer(y) शाक-विक्रेता, सब्जी-फरोश; शाक-विक्रय, सब्जी-फरोशी, तरकारी बेचना, कुँजड़ेका पेशा; ~ ground man⊙ दुष्ट, शठ, ठग; ~heart हरितहृत्; एक इमारती लकड़ीका पेड़; ~horn अयोग्य, मूर्ख व्यक्ति, अबोध व्यक्ति, नासमझ, अनाड़ी, गँवार, जाहिल; ~house हरितगृह, काचगृह, लतादिका रक्षण-स्थान, कोमल पौधोंको उगानेके लिए बना हुआ शीशेका घर; ~-room नेपथ्यशाला; ~sand हरिसिकता, एक प्रकारकी हरी भुरभुरी मिट्टी; ~sick(ness) हरिद्रोग, हरा रोग, पाण्डु, पीलिया, मृत्पाण्डु, हरितपीड़ा, तरुणस्त्रियोंका रोगविशेष; ~stuff वीरुध-समूह, हरी तरकारियाँ, सब्जी; ~sward तृणाच्छादित भूमि या मिट्टी; ~ table द्यूत-पटल, जुआ खेलनेकी मेज; ~ tea हरी चाय; ~wood हरितकाष्ठ, वसन्त या ग्रीष्मका हरा-भरा वन; mineral ~, Paris ~ एक प्रकारका हरा रंग; *do you see any ~ in my eyes?* क्या तुम्हें मुझमें अनुभवहीनता या अल्हड़पन दिखायी देता है? *in the ~* पौरुषसम्पन्न, शक्तिसम्पन्न, युवा, अच्छी दशामें; *in the ~, dry, tree* अच्छी दशामें, बुरी दशामें;

~ ash, ~ base, ~ crab, ~ diarrhea, ~ gland, ~ lentil, ~ magpie, ~ manure, ~ nesidues, ~ salt, ~ solution, ~ ultramarine, ~ wagtail.

green² v.t. & i. हरा होना; हरा करना, हरे रंगमें रँगना; (बोलचाल) हँसी-हँसीमें धोखा देना; (ग्रा०) ठगना, लूटना, मार लेना।

greenery n. वनस्पति, तरकारी, सब्जी, हरियाली।

greening n. एक प्रकारका सेब।

greenish a. हरिताभ, कुछ-कुछ हरा, हरापन लिये हुए।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

greenness n. हरीतिमा, हरापन; अपरिपक्वता, अभिनवता, कोमलता; तरी, ताजगी; ईर्ष्यालुता; अनुभवहीनता, अनाड़ीपन।

greens n. हरा शाक, हरी तरकारी, सबजी।

greenth n. (क्वचित्) हरित वनस्पति, हरे पेड़-पौधे; हरीतिमा, हरियाली।

greeny a. हरित, हरा, हरे रंगका।

greet[1] v.t. (मिलनेपर इंगित अथवा वाणी द्वारा) स्वागत करना, दूरसे पुकारना (हर्षध्वनि इत्यादिके साथ), जयजयकार करना, शाबासी देना; (दृष्टि- या कर्ण-) गोचर होना, मिलना; अभिवादन करना, अभिनन्दन करना, नमस्कार करना, (वार्ता, संकेत आदि द्वारा), जुहार करना, सलाम करना।

greet[2] v.i. (स्काट०) क्रन्दन करना, रुदन करना, रोना।

greeting n. अभिनन्दन, अभिवादन, प्रणाम, नमस्कार, स्वागत, हर्षध्वनि, जयजयकार।

greffier n. (चैनल द्वीपोंमें) पंजीकार, रजिस्ट्रार।

gregarianism n. = GREGARIOUSNESS.

gregarious a. संघातचारी, यूथचारी, यूथवासी, समाजप्रिय, समूहमें रहनेवाला; समुदायोंका, समूहोंका, भीड़ोंका; (वन०) गुच्छोंमें उगनेवाला।

gregariousness n. यूथचारित्व, समाजप्रियता, समूहप्रियता, समुदायमें रहनेकी प्रवृत्ति।

Gregorian १. n. ग्रेगरी त्रयोदश द्वारा संशोधित पंचांग; २. a. पोप ग्रेगरी प्रथमके नामपर प्रचलित शास्त्रोक्त विधिसम्बन्धी, संगीतका, अथवा उसके अनुसार।

gregory-powder n. सारककी भाँति प्रयुक्त रेवन्दचीनीका मिश्रित चूर्ण।

gremial[1] n. (पादड़ीका) चोगा, लबादा।

gremial[2] a. औरस, उर-सम्बन्धी, छातीसे सम्बन्धित।

gremlin n. (राजकीय विमान सेना, ग्रा०) दुष्ट प्रेत।

grenade n. अग्निदाडिम, हथगोला, बारूद भरा छोटा गोला अथवा तोपकी नलीसे दागा जानेवाला (*rifle* ~) छोटा गोला; आग बुझानेके लिए रासायनिक पदार्थसे युक्त शीशेका बम।

grenadier n. (ग्रा०) बारूदके गोले फेंकनेवाला सैनिक; शंकुपुच्छा, उत्तरी अमरीकामें पाया जानेवाला बया पक्षी।

grenadine[1] n. मांस व्यंजनविशेष, सूअरके यकृतका मांस तथा धज्जियाँ भरकर पकाये गये गोश्तकी थाली अथवा बछवेका मांस, घरेलू मुर्गी या बत्तख इत्यादिका मांस।

grenadine[2] n. शाल, जालीदार रेशमी ऊनी कपड़ा।

grenadine[3] n. फ्रांसकी बनी हुई अनारकी शराब।

gressorial a. पदचारी, चल, चलने योग्य बनाया गया; त्र्यंगुष्ठ, तीन अँगूठोंवाला।

greve n. पिण्डुलीत्राण, पक्ष-त्राण, टाँगकी रक्षाके लिए कवच।

grew (भू० कृ०) दे० GROW.

grey*, **gray** १. n. धूम्रवर्ण, भूरा रंग या वस्त्र; ठण्डी रोशनी, वेधूपकी धीमी रोशनी; भूरा रोगन; कर्बुराश्व, भूरा घोड़ा; २. v.t. & i. भूरा करना, भूरा होना (छायाचित्रण); शीशेकी सतहको धुँधला करना, इस प्रकारके शीशेको निगेटिवसे ढककर छायाचित्रको मटमैला करना; ३. a. धूसर*, भूरा, राख या जस्ताके रंगका, काले और सफेदके बीचके रंगका; धुँधला, हलके और चटखके बीचके रंगका; खिन्न, उदास; (किसी व्यक्ति अथवा बालके सम्बन्धमें प्रयुक्त) अवस्था इत्यादिके साथ बूढ़ा होता हुआ; प्राचीन; अतिप्राचीन, परिपक्व, अनुभवी, पुराने जमानेका; ~beard वृद्ध व्यक्ति; मदिराके लिए पत्थरका बड़ा पात्र; ~ crow or ~-back कलँगीदार, कौआ; ~ eye नीलारक्त आँख; ~ friar फ्रांसिस्कन सम्प्रदायका सन्यासी, रोमन कैथोलिक चर्चका भिक्षु; ~ goose = GREYLAG; ~-headed बूढ़ा, प्राचीन, पुराना; वृद्ध, बूढ़ा; ~-hen कृष्ण तित्तिरी, कृष्णोदर ककलकी मादा, एक जंगली मुर्गी; ~ matter, मस्तिष्कके क्रियाशील भागवाला पदार्थ; ~ *mare is better horse* पत्नी पतिपर शासन करती है; *the G~s* or *Scots G~s* धूसर घुड़सवार।

greyhound n. कृशाखेटिक, दुबला-पतला या लम्बी टाँगों और तीक्ष्ण दृष्टिवाला फुर्तीला शिकारी कुत्ता।

greyish, grayish a. भूरा-सा, धौला-सा, कुछ-कुछ धूमिल, कुछ-कुछ भूरा, थोड़ा भूरा इत्यादि।

greylag n. कलहंस, यूरोपका साधारण वन्य हंस।

greyness, grayness n. भूरापन, धूसरपन, मटमैलापन, धुँधलापन इत्यादि।

grice n. शूकर-शावक, छौना, घेंटा।

grid n. = GRIDIRON, GRATICULATION.

griddle १. n. तवा, लोहेकी गोल चादर (~-*cake*); खानमें काम करनेवालोंका तार लगा हुआ पर्दा, जाली; २. v.t. जालीदार पर्देसे छिपाना, तारकी जालीसे आच्छादित करना।

gride १. n. काटने या खरोंचनेकी कर्कश ध्वनि; २. v.t. छीलना, कर्कश ध्वनि करते हुए त्रिशूल या किसी त्रिकोण वस्तुसे काटना या खरोंचना, छेदना, बींधना।

gridelin n. पाटल-राग, श्वेताभ लाल रंग, गुलाबी रंग।

gridiron n. (मांस भूननेकी) झंझरी; मोटरगाड़ीपर सामान रखनेका पिंजरा; जहाजका घुमाव; रंगमंचका काष्ठफलक; फुटबालका मैदान ⊙; (नौवि०) मरम्मतके लिए जहाजको सम्हालनेका ढाँचा; (~-pendulum भी) विभिन्न धातुओंकी समानान्तर छड़ोंवाला घड़ीका निदोल।

grief n. शोक, व्यथा, तीव्र सन्ताप, गहरा दुःख; *come to* ~ दुर्घटना-ग्रस्त होना, विपत्तिमें पड़ना, पतित होना, असफल होना, नीचा देखना, गिरना; ~-shot शोकाकुल, शोकग्रस्त।

grievable a. शोकार्ह, शोक करने योग्य।

grievance n. पीड़ा, व्यथा, कष्ट, विपत्ति, भार; परिवेदना, दुःखका कारण, शिकायत।

grieve[1] n. (स्कॉटलैण्ड) क्षेत्र-निरीक्षक, अमीन।

grieve[2] v.t. & i. सन्तप्त करना या होना, शोकाकुल

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

करना या होना, व्यथित होना, व्यथित करना, गहरा दुःख देना, सताना।

grievous a. दारुण, शोकावह; घोर (~ *hurt*), सन्तापकारी, शोकप्रद, कष्टकर, कष्टदायक, अति दुखदायी, व्यथाकर, पीड़ाकर; हानिकर, दुष्ट; (पीड़ा इत्यादिके सम्बन्धमें) अत्यन्त, घोर, कठोर, कड़ा, भारी, बड़ा।

grievousness n. शोकावहता, शोकप्रदता, घोर सन्तापकारिता, अत्यन्त कष्टदायकता; व्यथाकरता, पीड़ाकरता; (पीड़ा इत्यादिके सम्बन्धमें) अति, उग्रता, घोरता, दुःसहता।

griffin[1] n. अनुभवहीन, अनभ्यस्त, नवसिखुआ, अनाड़ी, अल्हड़ व्यक्ति; (आंग्ल-भारती) भारतमें नवागत कोई योरोपीय व्यक्ति।

griffin[2], **griffon, gryphon** n. एक कल्पित जीव; (-fon) एक प्रकारका गिद्ध (~-*vulture* भी); the G~ लन्दनके एक द्वारपथपर लगा हुआ स्मारक।

griffinish a. अनुभवहीन-सा, अनभ्यस्त-सा, नवसिखुए-सा, अल्हड़-सा, अनाड़ी-सा, लापरवाह-सा; सद्यः आगत योरुपीय।

griffon n. मोटे बालोंवाला टेरियरकी तरहका एक विदेशी कुत्ता।

grig n. सर्पमीन, साँप-सी एक नन्ही और फुर्तीली मछली; झींगुर, टिड्डा; a merry ~ प्रसन्नचित्त व्यक्ति।

grill[1] १. n. भुना हुआ गोश्त, कबाब; सीप (घोंघा) इत्यादि; वह व्यक्ति जिससे कठिन या गम्भीर और चक्करदार प्रश्न पूछे जाँय ⊙; ~-room वह कमरा जहाँ गोश्त वगैरह भूना जाता है; २. v.t. & i. दारुण यन्त्रणा अथवा तेज आँच देना (ला०), अँगीठीकी झंझरीपर भूनना या भुनना।

grillage n. शलाका-भर्जन, शलाका-पाचन।

grille, grill[2] n. मांस भूननेकी झंझरी, जँगला; वह ढाँचा जिसमें मछलीके अण्डोंसे बच्चे निकाले जाते हैं; (टेनिस) दीवारमें चौकोर छेद।

griller n. अँगीठीकी झंझरीपर भूननेवाला, कबाबी; कष्ट देनेवाला व्यक्ति, जलानेवाला (व्यक्ति)।

grilse n. सामन मछलीका बच्चा।

grim a. रौद्र, निष्ठुर, निर्दयी, क्रूर, कठोर (~ *determination*), कड़ा; आतंककारी, भयंकर, विकट, डरावना, दुष्ट; विरूप, पीला, दुःखी; घोर, अप्रीतिकर अथवा कठोररूप, घृणाजनक (प्रायः मृत्युके सम्बन्धमें); a ~ laughter कुटिल और प्रेततुल्य या डरावनी हँसी; a ~ smile कुटिल मुस्कान; *has a ~ truth in it* इसमें एक भयानक सत्य है; *hold on like ~ death* खूब कसकर या दृढ़तासे पकड़ो।

grimace १. n. वदनविकार, मुखविरूपता; कृत्रिम दृष्टिपात, कृत्रिम दृष्टि, कृत्रिमता; २. v. i. मुँह ऐंठना, मुँह बनाना।

grimacer, grimacier nn. मुँह बनानेवाला।

grimalkin n. वृद्धा मार्जारी, बूढ़ी बिल्ली; विद्वेषपूर्ण वृद्धा स्त्री।

grime १. n. कज्जल, काजल, कारिख, मैल, गन्दगी; २. v.t. काला करना, मैला करना, गन्दा करना।

griminess n. मैल, गन्दगी।

Grimm's law n. ग्रिम महोदय द्वारा प्रचारित भाषा-विज्ञानमें ध्वनियोंके विषयमें एक मत।

grimness n. निर्दयता, क्रूरता, दृढ़ता, कठोरता, घृणाजनक स्थिति, भयानक पहलू, कुटिलता, कुरूपता, अभाग, बेईमानी, प्रेतवत् आकार अथवा आचरण या दशा, शोक, विह्वलता इत्यादि।

grimy a. कज्जलमय, काजलयुक्त, कालिखसे भरा हुआ।

grin १. n. खीस, दाँत दिखानेकी क्रिया (प्रायः *on the ~* या *on the broad ~*); २. v.t. & i. (पीड़ा या तकलीफके चिह्नस्वरूप) दाँत दिखाना, (स्वच्छन्दतापूर्वक, मुस्कराते हुए, बेवकूफीके साथ या विवशतासे बलात्) दाँत पीसना, किचकिचाना, खीस निकालना; ~ *and bear it* कष्टको हँसते खेलते सहन करना; ~ *through horse-collar* गँवारोंके खेलमें मुँह बनानेकी होड़में हँसना।

grind १. n. शाण, सान, एक प्रकारका पत्थर; कठिन श्रमसाध्य नीरस कार्य; (कैम्ब्रिजमें) एक घाट; शिकारियोंकी एक घुड़दौड़; (स्काटलैण्डमें) व्यायामके लिए चहलकदमी; सैर; २. v.t. & i. घर्षण या रगड़ द्वारा चिकना बनाना या तेज करना, सान चढ़ाना; पेषण करना, पीसना (आटा); दलना, चबाना, चूर करना; जाँता चलाना; मूठ घुमाना (सारंगी, वीणा आदि वाद्ययन्त्रकी; निर० भी); (अनुचित माँग द्वारा) क्लेश देना या परेशान करना, तंग करना, सताना; सारंगीकी तरहके वाद्ययन्त्रसे संगीत उत्पन्न करना या उसे बजाना; परिश्रमके साथ (शिष्यको ~ *in it*) पढ़ाना; कठिन परिश्रमसे अध्ययन करना, लगातार प्रयत्न करना; करकराहटके शब्दके साथ घिसना या रगड़ना (*ground his heel into it*), ~stone सान, प्रस्तर-विशेष; *hold, keep,* one's *nose to the ~stone* हलमें जोते रखना, कड़ाईसे काम लेना।

grinder n. पेषक, पिसनहारा, वह व्यक्ति जो पीसता है; सान रखनेवाला व्यक्ति; पेषण-यन्त्र, चक्कीका ऊपरवाला पाट, पीसने की मशीन; शाण या सान रखने का यन्त्र; दंष्ट्रा, दाढ़।

grindery n. शाणापण, (औजारोंपर) सान रखनेकी दुकान।

grinding n. पेषण, पीसना, चबाना, पिसाई; दबाना (~ *the faces of the poor* etc.); ~ stone पेषणी, चक्की; सान।

gringo n. (स्पेनिश अमेरिका) अंगरेज या अमरीकी।

grinner n. खीसनेवाला।

grip[1]* n. शक्ति-संगठन, पीडन, प्रगाढ़ आलिंगन, मजबूत पकड़*, मूठ; ग्रभ, ग्रहण करने या पकड़नेका ढंग (*overlapping* ~); हाथमें हाथ देनेका ढंग; मानसिक अधिकार, विषयका पूरा ज्ञान, ध्यान केन्द्रित करनेकी शक्ति; किसी यन्त्रका वह भाग जो अन्य

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

औजार इत्यादिके किसी भागको पकड़ता है; *at, come to, ~s* द्वन्द्व-युद्ध करना।

grip[2] v.t. & i. मजबूतीसे दबोचना, पकड़ना या थामना, गहरी पकड़ होना; ध्यान आकर्षित करना; ~sack हाथमें लटकानेका छोटा थैला या बैग, हैण्डबैग ⊙।

grip[3] n. खात, छोटी खुली खन्दक, खाई।

gripe १. n. कसकर पकड़ने, दबोचने या थामनेकी क्रिया, अधिकार, पकड़, जकड़ (*in the ~ of*); (बहु०) पेटका शूल या दर्द; (नौवि० बहु०) नावको स्थानपर स्थिर रखनेके लिए रस्सोंके बन्धन; किसी औजार या हथियारके हैण्डल, मूठ; २. v.t. & i. कसकर पकड़ना या थामना, दबोचना, भींचना, जकड़ना; पेटमें शूल या दर्द पैदा करना; मरोड़ना; (नौवि०) आँधीमें पड़े जहाजोंकी पतवार या डाँड़से काम न लेकर लंगरोंसे सुरक्षा करना; कष्ट देना, पीड़ित करना, अत्याचार करना।

griper n. शोषक, कष्टदाता, पीड़क, अत्याचारी, दबोचनेवाला भींचनेवाला।

griping a. धनलोलुप, धनपिशाच, कृपण, कंजूस; (पीड़ा) घोर, अधिक, गहरी।

grippe n. प्रतिश्याय, इन्फ्लूएंजा।

gripper n. दृढ़तासे पकड़ लेनेवाला, पकड़नेवाला या थामनेवाला, मजबूतीसे दबोचनेवाला; ध्यान आकर्षित करनेवाला; पंजा, चंगुल।

grisaille n. विधूसरण, एक प्रकारकी रंगकारी (खिड़कीके शीशों इत्यादिकी)।

griseous a. नीलाभहरित, नीला हरा, समुद्री हरा।

grisette n. फ्रांसीसी श्रमिक नवयुवती; गुणवती महिला।

griskin n. सूअरकी कमरका पतला भाग।

grisliness n. भयानकता, क्रूरता।

grisly a. विकटाकार, घोर, क्रूर, आतंककारी, भयंकर, भयानक, डरावना।

grist[1] n. पिसनेके लिए अनाज; मदिरा बनानेके लिए पिसा हुआ जौ या धान इत्यादि; आटा; ~ mill⊙ आटेकी चक्की, आटेकी मिल; *all is ~ that comes to his mill* उसे जो कुछ हाथ लगे उससे लाभ उठा लेता है; *brings ~ to the mill* इससे लाभ होता है।

grist[2] n. सूत या रस्सेकी मोटाई या लम्बाई।

gristle n. कास्थि, उपास्थि, तरुणास्थि, कुरकुरी हड्डी; रीढ़दार जीवोंके कुछ-कुछ सफेद रंगके कठोर, चिमड़े, लचीले मांसतन्तु, रगें या नसें।

gristliness n. कोमलास्थित्व, मृदुस्थिता, हड्डियोंका कुरकुरी होना।

gristly a. कोमलास्थि नरम हड्डियोंवाला; मृदुस्थि, कुरकुरी या नरम हड्डियोंवाला।

grit[1] n. बालु कण, रेती, पत्थर या बालूके सूक्ष्म अणु; कंकरी, रोड़ी, पत्थरके ऊपरके दाने; (बोलचाल) चरित्रबल, सहिष्णुता, धैर्य, साहस।

grit[2] v.t. & i. करकर करना, कटकटाना; दाँत पीसना।

grits n. pl. (बहु०) कटी हुई या छिलके उतारी हुई किन्तु बिना पिसी हुई जई; मोटा जईका आटा।

gritstone n. बलुई पत्थर, भुरभुरा पत्थर।

grittiness n. कंकरीलापन, कुरकुरापन, किरकिराहट।

gritty a. किरकिरा, कँकरीला, कंकड़ीदार; साहसी, धीर, सहिष्णु।

grivet n. वैपुवत् अफरीकी लंगूर, ग्रीवेट।

grizzle[1] v. i. (बोलचाल) (विशेषतः बच्चोंका) चिड़चिड़ेपनके साथ रोना-चिल्लाना, रिरियाना, पें-पें करना, घें-घें करना।

grizzle[2] a. धूसर, आपाण्डु, धवल, धुँधला।

grizzled a. धवल, श्वेत, धूसर (भूरे बालोंवाला)।

grizzly १. n. (~ *bear* भी) उत्तरी अमेरिकाका भूरे रंगवाला बड़ा रीछ; २. a. श्वेत, मटियाला, भूरे बालोंवाला।

groan १. n. आर्तनाद, आक्रोश, परिदेवन, कराहते हुए कथन, कराह, चीख, लदे होने का कष्ट; (किसी वस्तुकी) लालसा, तड़प; २. v.t. & i. आर्तनाद करना, कराह कराहकर कहना, कराहना, अत्यन्त पीड़ासे चीखना; अत्याचारसे दबना या लदा होना (~ *under injustice*); लालसा करना, तड़पना, तरसना; ~ *down* (बोलनेवालेको) हाय-हाय करके चुप करा देना; ~ *inwardly* दिलपर चोट पहुँचना, आन्तरिक दुःख होना।

groat n. बहुत छोटी रकम (*don't care a* ~); चार पेंसके मूल्यका चाँदीका अँग्रेजी सिक्का।

groats n. pl. (बहु०) छिला (कभी-कभी कुटा हुआ भी) अनाज या (विशे०) जई; दलिया।

Grobian n. विदूषकवत् आलसी पुरुष, भड्डुवा।

grocer n. व्यंजनिक, पंसारी, किराना बेचनेवाला।

grocery n. पंसारीका पेशा या दुकान या सामान, किराना।

grog १. n. पानी मिली हुई शराब; वह गोष्ठी या समारोह जिसमें इस मदिराका दौर हो; २. v.t. & i. पानी मिली शराब पीना; खाली पेचेमें गरम पानी डालकर कच्ची शराब निकालना; ~-blossom मद्यपानके कारण नाकपर रहनेवाली लाली।

groggery n. आसवापण, मद्यशाला, मधुशाला, मदिरालय, ठेका।

grogginess n. मत्तता, मतवालापन, मदहोशी।

groggy a. मत्त, मतवाला, धुत्त, मदहोश; पिये हुए; मदिरासेवी, शराबी; (घोड़ा) अगली टाँगों से अस्थिर, हिलनेवाला, काँपनेवाला, डगमगानेवाला, लड़खड़ानेवाला, कमजोर।

grogram n. छाग-लोम या रेशम और ऊन अथवा तीनोंको मिलाकर तथा एक प्रकारकी गोंदका कलफ देकर बना हुआ मोटा कपड़ा।

groin[1] १. n. उरुसन्धि, ऊरुमूल; उद्बन्ध, किनारा; २. v.t. मिहराबोंको ऐसा बनाना कि कटकर किनारा बने।

groin[2] ⊙ n. (समुद्रको रोकनेके लिए) तटपर लगाया गया लकड़ीके तख्तोंका बाँध या दीवाल।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

groined a. वंक्षणित, उरु-संहत, उरु-मूलित; उद्बद्ध, मेहराबदार।

groining n. उद्बन्धन, मेहराबोंको ऐसा बनानेकी क्रिया कि कटकर किनारा बने।

grom(m)et ⊙ n. (नौवि०) बटी हुई रस्सीकी मुँदरी या फन्दा।

groom ⊙ १. n. वर, दूल्हा, नौशा; अश्वपाल, साईस, घोड़ेकी देखभाल करनेवाला नौकर; राजकीय भवनका एक पदाधिकारी (*G~ of the stole*) २. v.t. (घोड़ेकी) देखभाल करना, साईसी करना; ~sman शाहबाला, विवाहके अवसरपर वरके साथ रहनेवाला या उसकी देखभाल करनेवाला उसका अविवाहित मित्र; *well ~ed* बना-ठना चुटा-सजा।

groove n. प्रसीता, नाली; सन्धि, दरार, झरी; प्रणाली, सुनिश्चित मार्ग या लीक; खाँच, खात।

groover n. प्रसीती, प्रसीतक, प्रणाली-निर्माता, नाली बनानेवाला।

grooviness n. प्रसीतात्मकता, (किसी वस्तुमें) नालियोंका होना, दरारोंका होना।

groovy a. प्रसीतायुक्त, नालीदार, दरारोंवाला, झरीदार; सन्धियुक्त।

grope v. i. अन्धवत् अन्वेषण करना, टटोलना, टोहना (शा० और ला०)।

grosbeak n. कठोरचंचु, स्थूलचंचु, एक प्रकारका पक्षी।

groschen n. ग्रॉशेन (जर्मनीका एक प्राचीन सिक्का); आस्ट्रियाका गिलटका एक सिक्का।

grosgrain a. (रेशमी वस्त्र) दीर्घ-तन्तु, रेशेदार लम्बे रेशेवाला।

gross[1] n. प्रद्वादशक, १२ दर्जन, १४४, गुरुस।

gross[2] a. प्रचुर, अत्यधिक; स्थूल, भरा हुआ, फूला हुआ, मोटा, उभरा हुआ; अशेष, समस्त, सम्पूर्ण, सकल, सारा, पूरा; अपारदर्शक अथवा अस्पृश्य, अनीथरी; घन, ठोस, गाढ़ा; स्पष्ट, उज्ज्वल, साफ; (संवेदोंके सम्बन्धमें) अविनीत, रूक्षाचरण, कठोर, जड़ (व्यक्ति); अशिष्ट, ग्राम्य, अश्लील, भद्दा, गँवार; (अन्नके सम्बन्धमें) कुत्सित, त्याज्य, खोटा, खराब, गन्दा; ~ feeder रुक्षान्नभोजी या मोटा अन्न खानेवाला; ~ misconduct घोर दुर्व्यवहार या कदाचार; ~ negligence भारी प्रमाद, घोर उपेक्षा; *in (the)* ~ साधारणतः, संक्षेपतः; सारांशरूपमें, बिना विस्तारके। ~ amount, ~ assets, ~ body, ~ darkness, ~ fault, ~ income, ~ loss, ~ produce, ~ receipts, ~ revenue, ~ sum, ~ value, ~ weight, ~ yield.

grossness n. प्रचुरता, स्थूलता, मोटाई; सम्पूर्णता; अपारदर्शकत्व, अस्पृश्यता, अनीथरीपन, घनता, गाढ़ता, गाढ़ापन; स्पष्टता; भराव, उभार; निकृष्टता; कुत्सा, गन्दगी; कठोरता, जड़ता; अशिष्टता, आचरण-रुक्षता; अश्लीलता।

grossulaceous a. काकबदरीय, काकबदर-सम्बन्धी, गूजबेरीका।

grossular a. = GROSSULACEOUS.

grot n. (का०) गह्वर, सुरम्य गुहा, कन्दर, गुफा, खोह।

grotesque १. n. (प्रच०) हास्यास्पद रूपसे विकृत आकृति अथवा प्ररचना; अलंकृत चित्रण या मूर्त्तिकर्म; २. a. (स्था०) विरूप, विलक्षण, कदाकार, विषम, विकृत, अद्भुत, भद्दा, असंगतिके कारण हास्यजनक, बेमेल, बेढंगा, वाहियात।

grotesqueness, grotesquerie nn. विरूपता, विलक्षणता, विषमता, विकृति, आश्चर्यजनकता; हास्यजनकता, असंगति, भद्दापन।

grotto n. = GROT, कृत्रिम सज्जित गुफा, शुक्तागृह, कक्ष, खोह; लन्दनके बच्चों द्वारा मनाया जानेवाला समारोह-विशेष।

grouch ⊙ १. n. रोषावेश, आन्तरिक क्रोधका आक्रमण; असन्तुष्ट व्यक्ति; २. v. i. भुनभुनाना, खीझना।

grouchy a. रोषाविष्ट, क्रोधाविष्ट; असन्तुष्ट।

ground[1] n. भूमि, धरणी, पृथ्वी, धरा, धरातल, भू; भूतल, भूपृष्ठ, स्थल, स्थली, क्षेत्र (*classic ~*); मूल, आधार, अभिप्राय, जड़, नींव, हेतु, प्रयोजन, कारण (*on public* etc. *~s*); (बहु०) उच्छिष्ट अथवा तलछट; समुद्रका तल (अब प्रधानतः ला० अर्थमें प्रयुक्त *touch ~*); (अम्ललेखन) धातुपर बिखराया हुआ मिश्रण; असज्जित भाग, प्रबल रंग या स्वर, आधारभाग, निम्नतर स्तर, बेलबूटेके काम या चित्र इत्यादिमें वह तल जिसपर रूप-रेखा बनायी गयी हो; भूमिमें किसी व्यक्तिकी सम्पत्ति या जायदाद; (बहु०) गृहभूमि, मकानसे सटी हुई या आवेष्टित भूमि; भूमि-तलपरकी स्थिति, क्षेत्र अथवा दूरी (*cover much ~*); (क्रिकेट) ४ फुट लम्बी उस रेखाके पीछेकी भूमि जो विकेटके सम्मुख और समानान्तर होती है (*in his ~*); (पौधोंके सम्बन्धमें) भूमिपर उगकर फैलनेवाला, (पशुओंके सम्बन्धमें) भूमिपर पड़े रहनेवाले या बिल खोदनेवाले, (पक्षियोंके नामोंमें) स्थल-सम्बन्धी; ~-bait n. मछलीको आकर्षित करनेके लिए नीचे फेंका हुआ चारा; v.t. मछलीको आकर्षित करनेके लिए नीचे चारा फेंकना; ~-fish तलमें रहनेवाली मछली; ~ floor तलकोष्ठ, नीचेकी मंजिलके कोष्ठ, अधःकोष्ठ; ~ game शशाखेट, बनैले खरगोश इत्यादि; ~-ice, नितल-हिम, जल-तल-हिम, जलके तलकी बर्फ; ~ ivy मारवल्ली, एक प्रकारकी लता; ~-nut = pea-nut या monkey-nut भूमुद्ग, मूँगफलीके लिए अब सामान्य नाम; ~-plan भूमि-अनुविक्षेप, किसी मकान या इमारतकी रूपरेखा या नक्शा, किसी वस्तुकी रूपरेखा या सामान्य प्ररचना भी; ~-rent भू-भाटक, इमारत बनानेके लिए दी हुई भूमिका किराया; ~ (s)man क्रिकेटके मैदानकी देखभाल करनेवाला; ~ staff हवाई अड्डेके वे पदाधिकारी जिन्हें आकाश-यात्रा नहीं करनी होती; ~-swell भूकल्लोल, दूरवर्ती या व्यतीत झंझावात अथवा भूडोलके कारण क्षुब्ध समुद्र; ~ work आधार-कर्म, मूल कर्म, मूल आधार या नींव (साधारणतः ला०), प्रधान उपकरण, किसी वस्तुका सामान्य तल; *break ~*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

राह बनाना, खोलना; *cover much* ~ विवरण या पूछ-ताछ इत्यादिमें काफी दूरतक पहुँच जाना; *down to the* ~ (बोलचाल) सम्पूर्णतः, सब विधिसे, हर तरहसे; *fall, be dashed, to the* ~ असफल हो जाना, विजित हो जाना (योजना या आशा इत्यादिमें); *gain* ~ जीतना, आगे बढ़ना; *lose, give* ~ अवनति-की ओर बढ़ना, दब जाना, पीछे हटना; *lose* ~ हारना, हटना; *on the* ~ *of* कारणसे, हेतुसे, बहानासे; *stand, shift,* one's ~ अपने मन्तव्य या तर्कपर दृढ़ रहना या उसे बदल देना;

~ air, ~ beetle, ~-bird, ~ chough, ~ cloth, ~ colour, ~ cover, ~ dove, ~ fire, ~ frost, ~ glass, ~-glass disc, ~-glass joint, ~-glass screen, ~ hog, ~ itch, ~ joint, ~ lease, ~ level, ~ liaison section, ~-mass, ~ moraine, ~-parrot, ~-pig, ~ pine, ~ radar, ~ rat, ~ rope, ~ school ~ shrub, ~ slide, ~ squirrel, ~ station, ~ storey, ~ strafing, ~ substance, ~ tax, ~-thrush, ~ tissue, ~ tissue system, ~ vegetation, ~ water, ~ water level, ~ wave.

ground[2] v.t. & i. भूमिपर रख देना (विशेषतः शस्त्र); मूल सिद्धान्तोंकी पूर्ण शिक्षा देना; (शिल्प, कसीदा इत्यादिकी) पीठिका तैयार करना; किसी तथ्य या आधिकारिकताके आधारपर (*on*; कर्म० में *in*, भू० कृ०, कर्म० कृ०में *well, ill* इत्यादि) प्रतिष्ठापित करना, स्थापित करना (सिद्धान्त, संस्था, आस्था); नींव डालना; टिक जाना; (वायुयान अथवा वायुयानचालकका उड़ान समाप्त करना; तटपर लगना, किनारेकी ओर दौड़ना; (विद्युत्) पृथ्वीसे संवाहकके रूपमें सम्बद्ध करना; भूमि-पर आना; *well* or *ill* ~*ed* सुदृढ़ या दुर्बल।

groundage n. (नौवि०) लांगलन-शुल्क, लंगर डालनेका कर।

grounder n. (क्रिके० एवं बेसबाल) गेंद जो जमीनपर या नीचे पड़ता है।

grounding n. मूल-सिद्धान्तोंकी पूर्ण शिक्षा; (शिल्प, कसीदा इत्यादिकी) पीठिका, प्ररचना; पेंदा लगाना, किसी तथ्य या आधिकारिकताके आधारपर (सिद्धान्त, संस्था, आस्थाकी) स्थापना; (वायुयान अथवा वायुयानचालकके) उड़ानकी समाप्ति; तटपर आगमन; पृथ्वीसे संवाहककी भाँति सम्बन्धन।

groundless a. अतल, तलहीन; निराधार, निर्मूल, आधारहीन; निष्कारण, अहेतुक; रंगहीन या स्वर-विहीन।

groundlessness n. तलहीनता; निर्मूलत्व, आधार-हीनता; प्रबल रंग या स्वरका अभाव।

groundling n. निम्न रुचिका प्रेक्षक, पाठक अथवा तमाशबीन; लताएँ अथवा नाटे पौधे; तलमें रहनेवाली मछली।

groundsel[1] n. पलितचूड़, घासोंकी जातियाँ।

groundsel[2] n. देहरी, दहलीज, देहली; (स्था०) नींवमें लगनेवाली लकड़ीका लट्ठा, लकड़ीके ढाँचेका सबसे नीचेवाला भाग।

groundy a. सतल; आधारयुक्त; साभिप्राय, युक्तिसंगत, कारणवाला; प्रबल रंग या स्वरवाला।

group* १. n. समष्टि, वृन्द, राशि, समूह, वर्ग*, समु-दाय, झुण्ड, मण्डली, भीड़, गुच्छा, ढेर, जत्था, टोली, जमात; आपसमें सम्बन्ध रखनेवाली अथवा एक ही वर्गकी वस्तुओं अथवा व्यक्तियोंका समुदाय; (ललितकला) दो या दोसे अधिक आकृतियों अथवा पदार्थोंकी एक सम्पूर्ण प्ररचना या डिजाइन; वैज्ञानिक वर्गीकरणोंमें वर्गके बाहरका शब्दसमूह; २. v.t. (क्र० i.) एकत्र करना या होना, जमा होना या करना, समूह बनाना, राशि बनाना; वर्गबद्ध करना, वर्गीकरण करना, वर्ग-विभाजन करना; (आकृतियाँ, रंग इत्यादिका) सुव्यवस्थित और क्रमयुक्त समष्टि करना; ~-captain महाधि-विमानिक, वायुसेनाका पदाधिकारी;

~ leader, ~ mixture, ~ psychology, ~ regeneration, ~ regeneration method, ~ seed method, ~ selection system, ~ sowing, ~ system, ~ velocity, ~ wages.

grouped a. समूहित, वर्गबद्ध।

grouper n. वर्गीकर्ता, राशिकर्ता, वर्गीकरण करनेवाला; वर्ग-सदस्य, ग्रूपका मेम्बर।

grouping n. समूहन, वर्गीकरण, वर्गविभाजन, वर्ग-बन्धन, क्रम-सम्पादन।

grouse[1] n. तित्तिरि, कुकल, रोएँदार टाँगोंवाला मुर्गा; ब्रिटिश द्वीपसमूहोंका हलके लाल रंगका शिकारी पक्षी, (प्रचलित) बंजर भूमिका मुर्ग या शिकार अथवा रोएँदार टाँगोंवाला एक लाल रंगका पक्षी; Wood or Great G~ बृहत् कुण्णोदर कुकल, स्कॉटलैण्ड इत्यादि देशोंमें पाया जानेवाला सबसे बड़ी नरलका एक पक्षी; White G~ श्वेत-कुकल, शीतकालमें पाया जानेवाला श्वेतपंखी कुकल।

grouse[2] n. &. v.t. & i. भुनभुनाहट, शिकायत; (ग्रा०) भुनभुनाना।

grouser n. = GRUMBLER.

grout[1] १. n. तलछट, गाद; अभिपूर, (छिद्र, दरार अथवा सन्धिको भरनेके लिए) पतला गारा; २. v.t. पतला गारा भरकर बन्द करना (छिद्र, दरार अथवा सन्धि इत्यादि)।

grout[2] v.t. & i. (सुअरोंका) थूथनसे (भूमि इत्यादि) खोदना, उलटना।

grouting n. अभिपूरण, पूरण, पिलाना।

grove n. उपवन, वनान्त, वनराजि, वाटिका, वनिका, छोटा-सा वन, निकुंज, वृक्षोंका समूह, झाड़।

groved a. कुंजयुक्त, झाड़दार।

grovel v. i. नत होना; विनीत होना, हीन बनना; पेटके बल लेटना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

groveless a. कुंजविहीन।

groveller n. विनत, अपनी हीनता दिखानेवाला।

grovelling adv. हीन, घृणित, नीच, तुच्छ, क्षुद्र।

grovy a. कुंजयुक्त, कुंजका, झाड़दार।

grow १.v.t. & i. खेतीसे उत्पन्न करना, विकसित करना; उपजाना, पैदा करना; उगाना (दाढ़ी इत्यादि); (परिमाण, शक्ति, अंश, आकार ऊँचाई इत्यादिमें) बढ़ना; अंकुरित होना, उद्भूत होना, उत्पन्न होना, पैदा होना, उगना, उपजना, उठना, फूटना; जीवित पौधेकी भाँति विकसित होना, होना (प्राणहीन वस्तुओं इत्यादिका भी होना); विस्तृत होना, पनपना, फैलना, बड़ा होना; हो जाना (*gradually ~ rich*); (प्रथा, रीतिका) उन्नत होना, प्रचलित होना, उठना; पूरे आकारका हो जाना, भूमिसे निकलना; (कर्म०) किसी हरियालीसे ढक जाना; *~ downwards* न्यून होना, घट जाना; *~ing pains* वात-व्याधि, नवयुवकोंके अंग-प्रत्यंगमें होनेवाला स्नायविक शूल; *~ into one, together,* etc. एकीभूत होना, सम्मिलित होना, जुड़ना, मिल जाना; *~ out of* फूटना, निकलना; *~ up* परिपक्वताकी ओर अग्रसर होना, बड़ा होना, पकना।

growable a. उत्पादनीय, विकासयोग्य, उगाने या उगनेके योग्य, उठनेके योग्य; बड़ा होने योग्य; बढ़ने लायक; (प्रथा, रीति) प्रचलित होने, उन्नत होने, उठने योग्य, हरियालीसे ढक जाने योग्य।

grower n. उत्पादक, कृषक, उगानेवाला, किसान (प्रायः संयोगमें प्रयुक्त, जैसे, *fruit-~*)।

growing a. वर्धन, वर्धमान, वर्धिष्णु (*~ period*)।

growl n. बड़बड़ाहट, गड़गड़ाहट, गुर्राहट, घरघराहट; शिकायत; क्रोधमें बड़बड़ाहट; २. v.i. गड़गड़ाना, गुर्राहटके साथ बोलना, बड़बड़ाना, घरघराना; शिकायत करना।

growler १. n. क्रियागत अर्थोंमें; बड़बड़ानेवाला, गुर्रानेवाला, घरघरानेवाला; मछलीकी जाति-विशेष; बग्घी, चौपहिया गाड़ी; (अमेरिकी) (ग्रा०) शराबका पात्र-विशेष; समुद्रमें तैरती हुई बर्फकी छोटी चट्टान।

growlery n. गुर्रानेका स्थान; गुर्राहट; व्यक्तिगत या निजी कोष्ठ या कमरा।

grown GROW का भू० कृ०; कर्म० कृ०; *~ man* परिपक्व अथवा प्रौढ़ व्यक्ति इत्यादि; (*~ up*) २. n. & a. वयस्क, बड़ा सयाना, बालिग।

growth* n. प्रस्फुटन, उत्पत्ति, जन्म, उद्भव, उद्गम*; वर्धन, प्रवृद्धता, विकास, वृद्धि*, उन्नति, बढ़ती, उत्पादन या पैदावार अथवा फसल; कृषि, जुताई, बुवाई; (निदान०) अस्वस्थ अथवा विकृत रचना, उठान; *of foreign* etc. *~* विदेशमें उत्पन्न या जन्मा हुआ, विदेशी नस्लका;

~ curve, ~ factor, ~ form, ~ habit, ~ hormone, ~ leaf, ~ phase, ~ pressure, ~ promoting value, ~ rate, ~ ring, ~-stimulating.

groyne, groin n. परिवाल, ठोकर, समुद्र-तलको लहरोंसे कटनेसे बचानेके लिए बनी लकड़ीकी नाटी और चौड़ी दीवाल अथवा बाँध।

grub[1] n. जातक, मक्षीजातक, कीटडिम्भ, कृमिबीज, झाँझा, अण्डेसे निकला हुआ कीड़ा; किरायेका घोड़ा या टट्टू; वेतनभोगी अथवा किरायेका साहित्यिक-लेखक; (ग्रा०) भोजन; चारा-दाना; निम्न कोटिका काम करनेवाला सेवक, मजदूर; दुर्बलचरित्र या छोटे दिमागका आदमी; वामन, बौना, ठिगना, नाटा; ऊल-जलूल व्यक्ति; क्रिकेटमें बल्लेबाजकी ओर जमीनपर फेंककर लुढ़कायी हुई गेंद।

grub[2] v.t. & i. जड़ें आदि खोदकर उनसे (भूमिको) मुक्त करना, (जड़ें इत्यादि) उन्मूलित करना, उखाड़ना, साफ करना; उद्घाटित करना, खोजना; (अक०) ऊपर-ऊपर या छिछला खोदना (t. & i.); (ग्रा०) ठेकेपर खाना खानेवालेको भोजन प्रदान करना, खिलाना; परिश्रम से काम करना, जी-तोड़ मेहनत करना; खोदकर बाहर निकालना, (ला०, पुस्तकों इत्यादिमें ढूँढ़ निकालना)।

grubber n. कुदाल, कुरहाड़ी, खुरपी अथवा अन्य उपकरण; जड़ आदि खोदकर उनसे (भूमिको) मुक्त करनेवाला, (जड़ें इत्यादि) साफ करनेवाला; उद्घाटित करनेवाला, खोजनेवाला; ऊपर ही ऊपर या छिछला खोदनेवाला; (ग्रा०) ठेकेपर खिलानेवाला; परिश्रमसे या जी-तोड़ काम करनेवाला; खोदकर बाहर निकालनेवाला, (ला० पुस्तकों इत्यादिमें ढूँढ़ निकालनेवाला)।

grubbiness n. कीटयुक्तता; मैलापन, गन्दगी; ऊल-जलूलपन।

grubble v.t. & i. टटोलना, अँधेरेमें ढूँढ़ना।

grubby a. कृमि या कीटसे आकीर्ण या भरा हुआ, कृमि या कीटका; मैला, गन्दा; ऊल-जलूल।

Grub-street १. n. श्रमजीवी लेखकों और साहित्यिकोंके कबीले, उनका निवासस्थान; लन्दनकी एक गली; २. a. श्रमजीवी लेखकों और साहित्यिकों (के निवास-स्थान) का।

grudge १. n. द्रोह, विद्वेष, अभ्यसूया वैरभाव, डाह (*have a ~ against*); २. v.t. न देना चाहना।

grudger n. द्वेषी, जलनेवाला।

grudging a. अनिच्छुक, विमुख।

gruel १. n. दलिया, सत्तू, मठेरी, भातका माँड़, लपसी; २. v.t. (ग्रा०) कठोर बर्ताव करना, कठिन दण्ड देना, मार डालना, बुरी तरह हराना; *give* one *his ~* दण्ड देना, मार डालना, बुरी तरह हराना; *have, get,* one's *~* दण्डित होना, मार डाला जाना अथवा बुरी तरह हारना।

gruelling n. कठोर बर्ताव, कठिन दण्ड, हत्या, गहरी पराजय।

gruesome a. भीतिजनक, भीषण, भयानक, डरावना; अरुचिजनक, घृणाजनक।

gruesomeness n. भीतिजनकता, भीषणता, भयानकता, डरावनापन; अरुचिजनकता, घृणाजनकता।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

gruff a. कटुभाषी, कर्कश, परुषवाक्, असभ्य, रूक्ष, कटु, कठोर, दोटूक, रूखा, रूखे आचरणवाला, कड़ा, अक्खड़, उजड्ड ।

gruffish a. कुछ-कुछ कर्कश, असभ्य-सा, कुछ-कुछ रुक्ष, संक्षिप्त-सा, रूखा, दो टूक, कुछ-कुछ रूखे आचरणवाला ।

gruffness n. कर्कशता, निष्ठुरता, कठोरता, कड़ाई; अक्खड़पन, कुछ-कुछ रूखा आचरण, रुखाई ।

grum a. अशिष्ट, रूखा, चिड़चिड़ा; भारी ध्वनि या आवाजवाला ।

grumble १. n. घरघराहट, गड़गड़ाहट; स्पष्ट अरुचिकर आवाजमें बुदबुदाहट, क्रोधकी बड़बड़ाहट, भुनभुनाहट; शिकायत, शिकायत करते हुए भाषण अथवा किसी मुद्राकी अभिव्यक्ति; २. v.t. & i. घरघराना, गड़गड़ाना; स्पष्ट अरुचिकर आवाजमें बुदबुदाना, धीरेसे क्रोधमें बड़बड़ाना, भुनभुनाना; शिकायत करना, शिकायत करते हुए बोलना ।

grumbler n. घरघराने या गड़गड़ानेवाला, बड़बड़िया; भुनभुनानेवाला; शिकायत करनेवाला ।

grumbling n. & a. परिदेवन, शिकायत ।

grume n. (चिकित्सा) चिपचिपा या लसदार पदार्थ, खूनका थक्का ।

grummet n. = GROMMET.

grumness n. अशिष्टता, असभ्यता, गँवारपन; रुखाई; झुंझलाहट, चिड़चिड़ापन, तुनुकमिजाजी ।

grumous a. चिपचिपे या लसदार पदार्थका या तत्सम्बन्धित, गाढ़ा, खूनके थक्केका या उससे सम्बन्धित ।

grumpiness n. रुक्षाचारिता, रूखापन, चिड़चिड़ापन, बदमिजाजी ।

grumpy, grumpish aa. रूक्ष, रूखा, चिड़चिड़ा, बुरे स्वभावका, रूखे मिजाजका ।

Grundyism n. प्रथानुसार औचित्य, प्रथा या रीतिके अनुसार स्त्रियोंका कृत्रिम लज्जाका आचरण ।

grunt १. n. शूकरनाद, सूअरकी घुरघुराहट, धीमी और कर्कश आवाज; इस प्रकारकी आवाजसे असन्तोष, खीझ या थकान इत्यादिकी अभिव्यक्ति; २. v.t. & i. (सूअरका) घुरघुराना; गलेसे धीमी और कर्कश आवाज पैदा करना, इस प्रकारकी ध्वनि द्वारा असन्तोष, खीझ या थकान इत्यादिकी अभिव्यक्ति करना, इस प्रकारकी ध्वनिके साथ बोलना (प्रायः *out*) ।

grunter n. घुरघुरानेवाला, गलेसे धीमी और कर्कश आवाज पैदा करनेवाला इत्यादि क्रियागत अर्थोंमें ।

gruntling n. बालशूकर, शूकर-शावक, सूअरका बच्चा ।

gruyere n. (स्विट्जरलैण्डका एक कस्बा) स्विट्जरलैण्डका गायके दूधका पनीर ।

gryposis n. आभ्यन्तर नख-वर्धन, नाखूनोंका अन्दरकी ओर अधिक बढ़ना ।

grysbock n. ग्रिसबॉक, एक अफरीकी मृग ।

guaiac, -acum n. पश्चिमी द्वीपसमूहके वृक्षों और गुल्मोंकी श्रेणी; इस श्रेणीके वृक्षों और गुल्मोंसे निकली हुई राल, उस रालसे बनायी हुई औषध; कुछ-कुछ भूरापन लिये हुए हरे रंगकी लकड़ी जो उपर्युक्त श्रेणीकी द्रुम-जातियोंसे निकाली जाती है ।

guana n. पश्चिमी द्वीप-समूह और दक्षिणी अमेरिकाकी वृक्षोंवाली एक बृहदाकार छिपकली; कोई बृहदाकार छिपकली ।

guanaco n. वासन्तक, दक्षिणी अमेरिकाका पागुर करनेवाला जंगली पशुविशेष ।

guaniferous a. कृत्रिम खादोत्पादी, बीठवाला ।

guano १. n. कृत्रिम खाद; विष्ठा, वैष्ठ, समुद्री पक्षीकी बीठ; २. v.t. बीठ आदिकी खादोंसे उपजाऊ बनाना ।

guaracha n. ग्वराचा (एक प्राचीन स्पेनी नृत्य जिसमें नर्तक गिटार बजाता है) ।

guarana n. ब्राजीली कहवा ।

guarani n. पराग्वेकी एक मुद्रा, भारतीय आदिम जातियोंका दल तथा उनकी भाषा ।

guarantee १. n. दायित्व, प्रतिभूति, प्रत्याभूति, गारंटी; ऋणदाय-पत्र (किसीके ऋण इत्यादि चुकानेका स्वयं उत्तरदायी होनेका प्रमाणपत्र); प्रत्यय, विश्वास, प्रतीति; बन्धक, गिरवी, रेहन, शर्तोंको पूरा करने अथवा किसी वस्तुकी अदायगी करनेके बन्धकस्वरूप दी हुई कोई वस्तु; प्रत्याभू, जोखिम न होनेका विश्वास दिलानेवाला अथवा जमानत लेनेवाला व्यक्ति; वह व्यक्ति जिसके पास बन्धक रखा जाय या जिसे जमानत दी जाय; २. v.t. किसी व्यक्तिको स्वामित्वका अधिकार देना; सम्पत्ति इत्यादिके रूपमें (*in*) जमानत करना अथवा (*against* या *from*) जोखिम इत्यादिसे निरापद करना; (अवश्यम्भावी प्रपूरणका, किसी वस्तुके खरे होनेका, ठेका इत्यादिका) उत्तरदायी होना, जामिन होना; इस विषयमें भविष्यवाणी करना कि अमुक घटना हुई है अथवा होनेवाली है;

~ bond, ~ broker, ~ business, ~ company, ~ endorsement, ~ fund, ~ insurance, ~ society, ~ union.

guaranteed a. प्रतिभूत, प्रत्याभूत, गारण्टी दिया हुआ (~ *stock*) ।

guarantor n. प्रत्याभू, स्वामित्व देनेवाला, बन्धक रखनेवाला, गारण्टी देनेवाला, जमानत करनेवाला, जिसे जमानत दी जाय, भविष्यवाणी करनेवाला कि अमुक घटना हुई है या होगी इत्यादि ।

guaranty १. n. प्रत्याभूति, ऋण आदिका प्रमाण-पत्र, जमानत; २. v.t. अपने ऊपर उत्तरदायित्व लेना, जमानत लेना, जिम्मा लेना, जोखिम न होनेका विश्वास दिलाना, जामिन होना ।

guard १. n. रक्षक, संरक्षक, संरक्षी, प्रहरी, सन्तरी, पहरेदार, चौकीदार, पहरुआ, (आक्रमण इत्यादिसे) बचानेवाला; रोक, कटहरा; किसी गाड़ी अथवा रेलगाड़ीका राजकीय रक्षक, गार्ड; (बहु०) गृहसेना-दल (*Foot-~s*) तथा अर्धविस्तार द्वारा *Dragoon G~s* (मौलि० सात) की कुछ कर्नलके अधीन रहनेवाली पल्टनें भी; अंगरक्षक-दल, सशस्त्र रक्षक-दल, सेना

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

इत्यादिका पृथक् भाग, सैनिकोंका वह दल जो किसी स्थान या व्यक्तिविशेषकी संरक्षा करे, गारद (*advance-~*); दुर्घटनाग्रस्त होने, क्षतिग्रस्त होने अथवा आहत होनेसे रोकनेका उपाय, रक्षा-साधन, रक्षण-यन्त्र; रक्षा, रक्षण, त्राण, सतर्कता, जागृतिकी अवस्था, खबरदारी, चौकसी, पहरेदारी; (तलवार चलाने, मुक्केबाजी इत्यादिमें) आत्मरक्षाकी मुद्रा; (क्रिकेटमें) विकेटकी रक्षाके लिए उद्यत बल्लेकी स्थिति; ~house, ~room, ~-tent वह घर, कमरा, खेमा अथवा कोई स्थान जिसमें सैन्य-संरक्षक-दल ठहरे अथवा जहाँ कैदियोंकी सुरक्षाका प्रबन्ध हो; ~-ring संरक्षी अंगुष्ठिका, अँगूठी इत्यादिके आगेका छल्ला (ताकि अँगूठी गिर न जाय); ~sman संरक्षक, सैन्यदलका सैनिक; *keep ~, be on ~* सचेत रहना, सावधान रहना; पहरा देना, चौकीदारी करना; *mount, relieve, ~* पहले *the ~* पिछले प्रहरीका स्थान लेना, पहरा बदलना; *on, off*, one's ~ (किसी आक्रमण अथवा स्वयं अपने आवेग या उत्तेजनाके प्रति) सावधान या असावधान, सचेत या अचेत;

~-boat, ~ book, ~ cell, ~ file, ~ peon, ~ polyp, ~ rail, ~-room, ~'s certificate, ~-ship, ~'s journal, ~'s van, ~ tube.

guard[2] v.t. & i. सुरक्षित रखना; ध्यान रखना, बचाव करना, रखवाली करना, बचाना, निगरानी रखना, चौकसी करना, पहरेदारी करना; सावधानी बरतना (*~ against*); स्पष्टीकरण द्वारा अपव्यवहार अथवा भ्रान्तिसे बचाना, संशोधक (औषध) का प्रयोग करना; (तलवार इत्यादि चलानेमें) आत्मरक्षाकी मुद्रामें हो जाना, आड़में हो जाना; (शतरंज) जोर पहुँचाना, मोहरा बचाना; (बर्फपर पत्थर चलानेके खेलमें अथवा चौरस घासके तख्तेपर गेंद लुढ़कानेके खेलमें) प्रतिद्वन्द्वी तथा उसके पत्थर या गेंदके बीच अपना पत्थर या गेंद डालकर उसकी चालको रोकना; (विचार, वाणीको) वशमें, रखना, बचकर बोलना।

guardable a. अभिरक्षणीय, रक्षणीय।

guardant a. अभिभावक, अभिरक्षक।

guarded a. रक्षित, सावधान, सचेत, चौकन्ना।

guardedness n. सुरक्षितता, सावधानी।

guardian n. (कानून) अभिभावक, अभिरक्षक, (अबोध, मूर्ख इत्यादिके शरीर अथवा सम्पत्तिका) उत्तरदायित्व लेनेवाला; रक्षक, संरक्षक, परिपालक, रक्षिता, रखवाला, रखवाली करनेवाला; फ्रांसिस्कनकी ईसाई संन्यासिनियोंके मठकी प्रधाना; ~ angel स्थान अथवा व्यक्तिकी रक्षा करनेवाली देवात्मा; G~ of the poor *or* G~ (पादरीके हल्के अथवा जिलेमें पूर्वकालमें सरकारी कानूनसे) दरिद्रपोषण-व्यवस्था करनेवाला पदाधिकारी, दरिद्र-संरक्षक।

guardianship n. अभिरक्षण, वैधानिक संरक्षण; अभिभावकत्व, प्रतिपालकत्व, पालकपद, तत्त्वावधान, संरक्षा, निगरानी, रखवाली (*under the ~ of the laws*); (परिषद्के सदस्यके रूपमें) दरिद्र-पोषण-व्यवस्था करनेवालेका पद।

guava n. प्रियाक, अमरूद (पेड़ या फल)।

guayule n. मैक्सिकोका रबर पौधा, रबर।

gubernation n. शासन, नियन्त्रण, संचालन।

gubernator n. शासक, संचालक, हाकिम, गवर्नर।

gubernatorial a. राज्यपालकीय, शासकीय।

gudgeon[1] n. बहते पानीकी छोटी मछली, शफरी; जल्दी विश्वास कर लेनेवाला या भोला व्यक्ति, गावदी; लासा, चारा; प्रलोभन, फुसलावा।

gudgeon[2] n. कुण्डा; धुरे इत्यादिके सिरेपर लगी हुई चूल; नावमें लगा हुआ वह कड़ा जिसमेंसे डाँड़ चलाया जाता है, गजन; दो टुकड़ोंको आपसमें जोड़नेवाली कील।

gudok n. गूडक, रूसी तितारा, तीन तारोंकी रूसी सारंगी।

Guebre n. अग्निपूजक, पारसी, गब्र।

guelder rose n. गोलशीर्ष क्षीरपर्ण, गुलदर, एक प्रकारका पौधा।

Guelphic a. मध्ययुगीन इटैलियन Guelph दलका अथवा उसके सदस्यसे सम्बन्धित।

guerdon १. n. पारितोषिक, पुरस्कार, इनाम; क्षतिपूर्ति, प्रतिदान, शुल्क, हरजाना, तावान, मुआवजा; २. v.t. (का०) पारितोषिक देना, पुरस्कार देना, इनाम देना; क्षतिपूर्ति करना, प्रतिदान देना, मुआवजा देना।

guerdonless a. बिना पारितोषिकका, पुरस्कारहीन; बगैर मुआवजेका।

guernsey n. दुधारी गायकी एक जाति।

guer(r)illa n. (*~ war, warfare* भी) कूटयुद्ध, अनियमित युद्ध, लुकछिपकर युद्ध, छापामार युद्ध; खण्ड-योद्धा, अनियमित युद्धमें सम्मिलित व्यक्ति, छापामार।

guess १. n. अभ्यूह, कल्पना (*by ~ and by God*), अनुमिति, अनुमान, अटकल, अन्दाजा; सिद्ध, भविष्यवक्ता ⊙; विचारोन्मुख ⊙; २. v.t. & i. अभ्यूह करना, कल्पना करना, बिना माप अथवा विस्तृत हिसाबके अनुमान लगाना, अटकल लगाना, ताड़ना, भाँपना, किसीके विषयमें साहसपूर्वक अपना मत प्रकट करना; (किसी समस्या अथवा पहेलीका हल) मालूम करना या सही बूझना, अन्दाजा लगाना; ~-work अटकलपच्चू, अनुमानपर आधारित कार्रवाई; *~ not* ⊙ निःसन्देह; *~ that it is* ⊙ अवश्यमेव, निस्सन्देह। *I ~* (प्रधानतः अमेरिकी) मुझे निश्चित लगता है अथवा मैं अच्छी तरह जानता हूँ;

guessable a. अनुमेय, अनुमान या अटकल करने योग्य।

guesser n. अनुमाता, अनुमान करनेवाला।

guessing ⊙ a. सन्देहशील।

guest n. अतिथि, अभ्यागत, पाहुन, पाहुना, मेहमान; होटल या बोर्डिंग-हाउस इत्यादिमें ठहरनेवाला व्यक्ति; दूसरेपर निर्भर करनेवाला या उगनेवाला पशु या पौधा; ~-chamber अतिथिकक्ष, अतिथि-कोष्ठ ~-house अतिथि-भवन (निवास-स्थान और भोजनालय); ~-night अतिथि-रात्रि, वह रात जिसमें अतिथियोंका

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

सत्कार आदि होता है; ~-rope पीछे आनेवाली नावकी रस्सी; paying ~ सशुल्कभोजी, अपना व्यय देकर भोजन करनेवाला।

guestship n. आतिथ्य, मेहमानदारी।

guffaw १. n. अट्टहास, कहकहा, ठहाका; २. v.t. & i. अट्टहास करना, अट्टहासके साथ कुछ बोलना या कहना, कहकहा लगाना; ठहाका लगाना।

guggle n. = GURGLE.

guidable a. रास्ता दिखानेके योग्य; निर्देशनीय, दिशा-निर्देश किये जानेके योग्य; प्रबन्धनीय; (कार्य, निर्णय इत्यादि) आधार होने योग्य।

guidage n. = GUIDANCE; पथ-प्रदर्शन-शुल्क, गाइड-का पारिश्रमिक।

guidance n. सन्दर्शन, पथप्रदर्शन, मार्गदर्शन, नेतृत्व, निर्देशन, दिशानिर्देश, प्रबन्ध, अगुआई।

guide[1]* n. गुरु, मार्गदर्शक, पथ-प्रदर्शक*, अगुआ, रहनुमा; गाइड; पर्यटक या यात्रीका वैतनिक मार्गदर्शक; आदर्श अथवा सिद्धान्तका निर्देशक (*the feelings are a bad* ~); वह वस्तु जो किसी स्थितिको परिलक्षित करे या दृष्टि-निर्देश करे; (नौवि०) मार्गदर्शक जलयान; (सेना) (शत्रु या किसी प्रदेशकी स्थितिकी) जाँच-पड़ताल इत्यादि करनेवाला संघ; (किसी नगर, अजायबघर अथवा बड़े चर्चके विषयमें) सूचनाएँ देने (~*to*-) वाली पुस्तक, किसी विषयके प्रारम्भिक तत्त्वोंकी पुस्तक (~-*book* भी); (यन्त्र) अधिकारक-यन्त्र, वह छड़, सुई या दण्ड इत्यादि जो मापक-यन्त्र इत्यादि वस्तुओंकी गतिविधि निर्धारित करे; ~d missiles निर्देशित अस्त्र, वे वस्तुएँ या हथियार इत्यादि जो किसी अभियन्त्रसे (अथवा बन्दूकसे) फेंके जा सकें;

~-bars, ~-card, ~-chain, ~ lecturer, ~-post, ~-rail, ~-rope.

guide[2] v.t. मार्गप्रदर्शन करना*, नेतृत्व करना, निर्देश करना, दिशा-निर्देश करना, रास्ता दिखाना, राह बताना, आगे-आगे जाना; (राज्य इत्यादिके) मामलोंका प्रबन्ध करना; (कार्य, निर्णय इत्यादिका) सिद्धान्त या हेतु अथवा आधार होना; (घटना-माला) व्यवस्थित करना।

guider n. पथदर्शक, गाइड; ज्येष्ठ महिला-पथदर्शिका, सीनियर महिला-गाइड।

guidon n. त्रिकोण पताका (अश्वारोहियोंका चिह्न); झण्डाबरदार।

g(u)ild n. (पारस्परिक सहायतार्थ संघटित) संघ; श्रेणी; श्रमिक-निकाय, समाज, गण; G~-hall नगर-भवन, टाउन-हॉल; ~ socialism श्रेणीसमाजवाद।

guilder n. एक अप्रचलित स्वर्णमुद्रा; एक डच रजत-मुद्रा = १८ आने।

guildry n. संघ, समुदाय।

guile n. कपट, विश्वासघात, धूर्तता, छल, छलपूर्ण कौशल, शठता, धोखा, चालाकी, मक्कारी, बुत्ता, दगा-बाजी, फरेब।

guileful a. कपटी, विश्वासघाती, धूर्त, छली, वंचनशील, शठ, छलिया, चालाक, मक्कार, दगाबाज।

guilefulness n. कपटीपन, छलीपन, वंचनशीलता, शठता, मक्कारी, दगाबाजी।

guileless a. निष्कपट, अकपट, विश्वासी, निश्छल, सरल, भोलाभाला, सीधासादा।

guilelessness n. निष्कपटता, निश्छलता, सरलता, भोलापन।

guillemot n. गिलीमॉट, (एक समुद्री पक्षी)।

guilloche n. गुथे हुए फीतोंके सदृश (स्थापत्य) अलंकरण, वेणीकी-सी सजावट।

guillotine १. n. (संसदीय) बाधानिवारणके लिए वाद-नियन्त्रण मुखबन्ध, समापन, वादविवादका अन्त; कागज काटनेका यन्त्र-विशेष; शिरच्छेद-यन्त्र, डाक्टरी चीर-फाड़से सम्बन्धित एक औजार; झरियोंमें फिसलने या सरकनेवाले चाकूके-से फलवाला यन्त्र, गिलोटीन; २. v.t. विवाद समाप्त करना, विधेयक-पत्रपर निश्चित समयके भीतर मत-प्रदान करनेपर बाध्य करना।

guilt n. पातक, अपराध, दोष, कसूर, चूक; सदोषता, अपराधिता; (स्पष्टतः उल्लिखित अथवा सूचित नियमादिका) उल्लंघन।

guiltiness n. अपराधिता, कुसूरवारी, गुनाहगारी।

guiltless a. निरपराध, निर्दोष, भोला, बेकुसूर (प्रायः अपराधके सम्बन्धमें); अभिज्ञ, ज्ञान विहीन, अनजान (~ *of Greek*)।

guiltlessness n. निर्दोषिता, निरपराधिता।

guilty a. कृतापराध, अपराधतत्पर, अपराधावगत, अपराध-चैतन्य, अपराधोद्यत, अपराधी, सदोष, दोषी, पापी (~ *conscience*), कसूरवार; ~, not ~ (अपराधी-अन्वीक्षाओंमें) अपराधी अथवा निरपराधका निर्णय; *plead* ~ अभियोग स्वीकार करना, अपराध मान लेना।

Guinea, g- n. स्वर्णमुद्राविशेष=२१ शिलिंग, गिनी; गिनी प्रदेश (पश्चिमी अफ्रीका) से सम्बन्धित, चिनिया (~-*corn*, ~-*fowl*, ~-*pepper*); G~ pig वण्टमूष, गिनी-पिग, दक्षिणी अमेरिकाका कुतरनेवाला पशुविशेष; एक गिनी शुल्क पानेवाला व्यक्ति; G~ worm स्नायुक, एक कीटविशेष, चोलर, चिल्लड़।

guipure n. फीतेकी कढ़ाई, फीता।

guise n. बाह्यरूप, कूटवेष, छद्म, बहिर्दशा (*in the* ~ *of*); वेश-विन्यासशैली, स्वाँग, वेश, रूप, बाना, भेस (प्रा०)।

guiser n. भेषपरिवर्तक, रूप बदलनेवाला, बहुरूपिया।

guitar १. n. वीणा, विपंची, छ-तारा, एक प्रकारका सितार, गिटार; २. v.i. छतारा बजाना, गिटार बजाना।

guitarist n. छतारा या वीणा बजानेवाला, गिटारवादक।

gular a. कण्ठ-, गल-, कण्ठ-सम्बन्धी, गलेका।

gulch ⊙ n. गहरी घाटी अथवा पहाड़ी दर्रा, खड्ड।

gulden n. एक सिक्का, गुल्डन=१७ आने।

gulder n. गूल्डर (हंगरीका एक सिक्का)=२॥ आने।

gules n. & a. रक्तवर्ण, लाल रंग (का)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

gulf १. n. जलावर्त्त, भँवर; (का०) समुद्रवंक, गहरा गर्त्त, दरी, बिवर, खात, आखात, खाड़ी (तटोंसे आंशिक रूपमें घिरी हुई), खाई; अलंघ्य विभाजन-रेखा (Luke xvi. 26); (विश्वविद्यालय, ग्रा०) आनर्सके विद्यार्थीको (जो असफल हो गया हो, किन्तु सफल होनेकी योग्यता रखता हो) दी गयी सनद; २. v.t. निगलना, लीलना; घेर लेना, (विश्वविद्यालयमें) उपर्युक्त प्रकारकी सनद देना; G ~-stream सागरकी उष्ण लहर।

gulfy a. सावर्त्त, भँवरदार।

gull[1] a. जलमुर्गी, मुर्गाबी, एक प्रकारकी छोटी बत्तख, लम्बे पंखों और झिल्लीदार टाँगोंवाला (अधिकतर सामुद्रिक) पक्षी-विशेष, गंगचिल्ली।

gull[2] n. भोला-भाला, मूर्ख, अल्हड़, उल्लू, गावदी; ~-catcher प्रतारक, भोलेभाले या बुद्धू लोगोंको फाँसनेवाला, ठग, छलिया।

gull[3] v.t. प्रतारित करना ठगना।

gullery n. वंचना, प्रतारणा, छल, प्रवंचना, ठगी।

gullet n. निगल, निगरण, ग्रासनली, अन्ननाली, भोजन-नाली, नरकसी; नाली (प्रा० तथा बोलॅ०) दरी, तंग रास्ता, नली; कण्ठ, गला।

gullibility n. प्रवंच्यता, मूर्खता, अल्हड़पन, बुद्धूपन।

gullible a. प्रवंच्य, आसानीसे धोखा खा जानेवाला।

gullied a. जलमार्गयुक्त, नालीदार।

gullish a. प्रवंच्य स्वभावका, भोला-भाला-सा, कुछ-कुछ अल्हड़, बुद्धू, गावदी।

gully[1] १. n. कुल्या, परिवाह, गहरा कृत्रिम नाला, नहर, नाली, मोरी, खाई, नावदान; जलदरी, पानीसे कटी हुई गहरी घाटी या पानीसे बना हुआ पहाड़ी दर्रा, गली; २. v.t. नहरों, नालियों, मोरियों इत्यादिसे बहा ले जाना; जलदरी बनाना; ~-hole सिरेकी मोरी; ~ trap नालीकूट;
~ erosion, ~hunter, ~ plugging.

gully[2] n. बड़ा चाकू, छुरा।

gulosity n. अत्याहार, पेटूपन, लालच।

gulp १. n. निगरण, निगलने या लीलनेकी क्रिया (*drained it at one* ~); गप्पा, बड़ा ग्रास या कौर; निगलनेका प्रयास; २. v.t. & i. लोलुपतासे अथवा जल्दीसे निगल जाना, हपकर जाना, लील जाना; श्वास-रोधके साथ, कठिनतासे या हाँफते हुए निगलना।

gulpy a. निगल-, लीलनेकी क्रियासे सम्बन्धित; बड़े ग्रास या कौरका।

gum[1] n. (प्रायः pl.) दन्तमांस, मसूड़ा, दाँतोंके नीचे-ऊपरका मांस।

gum[2] १. n. आँखका कीचड़; निर्यास, श्लेप, गोंद, वृक्षरस; जिलेटिन इत्यादिकी बनी कड़ी और पारदर्शक मिठाई; (~-*tree* भी) कीकर, बबूल या और कोई वृक्ष (जिसमेंसे गोंदका स्राव निकले); (बहु०) रबरके जूते⊙; फलोंके वृक्षोंसे निकलनेवाला स्राव; २. v.t. & i. गोंदका (वृक्ष इत्यादिसे) स्रवित होना, निकलना, चूना; चिपकाना; गोंद लगाना या पोतना, गोंद द्वारा कड़ा करना; ~ boots रबरके जूते; ~ dragon एक प्रकारका सफेद और कुछ-कुछ लाल रंगका गोंद; ~-elastic रबर; *up a* ~-*tree* असमंजसमें या द्विविधामें (जबकि सारे साधन समाप्त हो गये हों);
~ acacia, ~ arabic, ~ camphor, ~ mastic, ~ paint, ~ plant, ~ powder, ~ resin, ~ saline, ~ tape, ~ tree.

gum[3] n. (ग्रा०) ईश्वर (शपथ में)।

gumbo⊙ n. ओकरा नामक वृक्ष; ओकरा वृक्षकी फलियाँ (जिनका प्रयोग सूपको गाढ़ा करनेमें होता है)।

gumboil n. मसूड़ोंका छोटा फोड़ा या व्रण।

gumma n. (pl. -*ta*) निर्यासार्बुद, लसदार गिलटी या फोड़ा।

gummatous a. निर्यासयुक्त, लसदार (फोड़ा)।

gummiferous a. निर्यासोत्पादी, गोंद पैदा करनेवाला।

gumminess n. प्रचुरता; चिपचिपापन, लसलसाहट, चेप, लस; सूजन, फोड़ा।

gumming n. अधिनिर्यासन, अतिनिर्यासन (वृक्षोंकी बीमारी जिसमें अधिक गोंद निकलता है)।

gummosity n. निर्यासवत्ता, गोंद-जैसा होना।

gummous a. निर्यासवान्, गोंद-जैसा।

gummy a. प्रचुर; चिपचिपा, लसलसा, चेपदार, लसदार; (पैरों और टखनोंके सम्बन्धमें) फूला हुआ; गोंद निःसारित करने वाला।

gumption n. (बोल०) तत्पर व्यावहारिक बुद्धि, व्यवहार-कुशलता, साहसिक भावना, साहस, साधन; (चित्र-कला) वह साधन जिससे रंगोंका मिश्रण किया जाता है।

gumshoe⊙ a. अधोभूमि, भूमिगत, अण्डरग्राउण्ड, (जैसे, ~ *campaign*)।

gun* n. आग्नेयास्त्र, शतघ्नी, तोप*, बन्दूक*, राइफल; तमंचा, रिवाल्वर⊙; कीटनाशक फुहार; शिकारी दलका व्यक्ति; great ~ महत्त्वपूर्ण व्यक्ति, बड़ा आदमी; ~boat शतघ्नी नौका, भारी तोपोंवाला छोटा जंगी जहाज; ~-case शिकारी बन्दूक रखनेका खोल या खाना; ~-cotton शतघ्नी-तूल, वह विस्फोटक पदार्थ जो रुई-को शोरे और गन्धकके तेजाबमें मिलाकर बनता है; ~-fire गोलन, शतघ्नी-गोलन, बन्दूक दागनेकी क्रिया; ~-house तोपघर, बन्दूकका गोदाम या वह घर जिसमेंसे तोपची तोप चलाता है; ~man शातघ्निक, शतघ्नी-पुरुष, सशस्त्र डाकू⊙; ~-metal शतघ्नी धातु, ताँबे और राँगेके मिश्रणसे बनी हुई धातु; ~play⊙ (बन्दूक का) दगना; ~powder आग्नेय चूर्ण, शतघ्नीक्षोद, बारूद; हरी चायका चूरा; ~powder plot ५ नवम्बर १६०५को इंग्लैण्डकी संसद्को उड़ा देनेका षड्यन्त्र; ~-room युद्धके जहाजमें छोटे पदाधिकारियोंके बैठनेका कक्ष; ~-runner, -running परतन्त्र देशमें तोप-बन्दूक वगैरहका अवैधानिक रूपसे व्यापार (में सम्मिलित व्यक्ति); ~shot छर्रा, तोप या बारूदकी मार या विस्फोट (*out of, within,* ~ *shot*), गोली; ~-shy शतघ्नी-भीरु,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

बन्दूककी आवाज सुनकर डर जानेवाला; ~smith छोटी बन्दूकें बनानेवाला या उनकी मरम्मत करनेवाला; ~-stock बन्दूकका कुन्दा; *son of a* ~ दुर्जन, दुष्ट, बदमाश; सिपाहीका दोगला लड़का, सैनिकसे उत्पन्न जारजपुत्र; *stand, stick, to* one's ~s अपनी प्रतिष्ठा सुरक्षित रखना, अपनी शान बनाये रखना; ~ bearer, ~ bright, ~ bus, ~ carriage, ~ flint, ~-harpoon, ~ licence, ~maker, ~-metal ring, ~-metal scrap ~-metal-sheet, ~-metal ware, ~ paper, ~park, ~-pit, ~ power, ~ rack, ~-reach, ~-rivet, ~ shop, ~ sight, ~stick, ~ wall.

gunless a. बिना तोपका, बेबन्दूक।

gunned a. तोपदार, बन्दूकदार।

gunnel[1] n. साँपके आकारकी एक प्रकारकी समुद्री मछली, गनल।

gunnel[2] n. = GUNWALE.

gunner n. शातघ्निक, बन्दूकची; शिकारी; तोपची, तोपखाने या गोलन्दाज फौजका अफसर, गनर, (सरकारी शब्द, निजी)।

gunnery n. शातघ्नी; बन्दूकोंके दागनेकी क्रिया; तोप-विद्या, बन्दूकोंका निर्माण तथा प्रबन्ध (*~-lieutenant*)।

gunning n. बन्दूक चलानेकी क्रिया (प्रायः *go* ~); ~ *for one* ⊙ किसीका पीछा करना।

gunny n. टाट, बोरा (साधारणतः टाटका बना हुआ)।

gunter n. दो फुटकी पैमाइशी पटरी; ऊपरका मस्तूल या उसका पाल जो छल्लोंके द्वारा ऊपर-नीचे हटाया जा सकता है; G~'s chain जरीब, ६६ फुटकी जंजीर।

gunwale n. जहाज या नावके किनारेका ऊपरी सिरा, ऊपरका फट्टा, ऊपरी पट्टी।

gunyah n. आदिवासि-कुटीर, आदिवासीकी झोपड़ी; झाड़ियोंके बीच कोई झोपड़ी।

gurgitation n. खौलाव, हिलोरे लेनेकी क्रिया; बुलबुले उठानेकी क्रिया अथवा ध्वनि।

gurgle १. n. गट-गट, गल-गल, गरगराहट; २. v.t. & i. गड़गड़ाकर कुल्ला करना, कण्ठसे इस प्रकारकी ध्वनि उत्पन्न करना मानो बोतलसे जल उँड़ेला जा रहा हो अथवा जल प्रस्तरोंके बीच टकरा रहा हो; गर-गर बोलना, गड़गड़ाना।

gurgoyle n. = GARGOYLE.

gurly a. (स्काटलैण्ड) झंझावातीय, तूफानी।

gurnard, gurnet n. वर्मशिरा, बड़े सिर और कवच-वेष्टित गलफड़ोंवाली एक प्रकारकी समुद्री मछली।

gurrha n. गाढ़ा, खद्दर, भारतीय कपड़ा।

gurry n. लघुदुर्ग, छोटा किला, गढ़ी।

guru n. गुरु, आचार्य, ज्ञानोपदेशक।

gush १. n. प्रचुरतासे (जल-) निःसरण; धाराप्रवाह (प्रायः भाषण, स्नेहशीलता इत्यादि, ला०); (व्यवहार, बातचीत आदिमें) कृत्रिम भावोच्छ्वास-प्रदर्शन, भावावेग; २. v.t. & i. धाराप्रवाहित करना या होना (वाणीका), पानी फूट निकलना, उबलना, भावोच्छ्वास प्रदर्शित करना।

gusher n. (वाक्, स्नेह इत्यादिकी) धारा प्रवाहित करनेवाला; (एवं) तेलका कुआँ (जो बिना पम्पसे खींचे आपसे आप तेल ऊपर फेंकता है)।

gushing a. धाराप्रवाही, अधिक बहता हुआ; मुखर, बहुभाषी, गप्पी; अति प्रदर्शन-प्रिय।

gushy a. धाराप्रवाह, खूब बहनेवाला, कृत्रिम भावोच्छ्वास-युक्त, भावपूर्ण।

gusset १. n. प्रकोणी, कोनियाँ, वह लोहेकी दीवारगीरी जो ढाँचेके कोणको मजबूत बनाती है; कली, पैवन्द, थिगुली, जोड़का कपड़ा; २. v.t. कोनिया या कली लगाना।

gusseted a. कोनिया लगा हुआ, कोनियाका; पैवन्द लगा, कलीदार।

gust[1] n. वायुवेग, निर्घात, हवाका जोरका झोंका; (किसी भावका आकस्मिक) प्रबल आवेग, उमंग; किसी ध्वनिका आकस्मिक स्फोट; धुएँकी जोरकी लहक, आगकी जोरकी लपट; वर्षाका जोर का छींटा।

gust[2] n. श्वाससुगन्धमिश्रित सम्वेदना, आनन्द, स्वाद, रस, मजा; अत्यधिक स्वाद, परमानन्द, बेहद लुत्फ, (प्रा० और का०) सौन्दर्यबोध।

gustation n. स्वादलेने या रस लेनेकी क्रिया।

gustative a. सुस्वादु, स्वादशील, रसीला, मजेदार।

gustatory a. स्वाद-, स्वादका।

gustful a. स्वादु, सुरस, सरस, उमंगपूर्ण।

gustiness n. वातमयता, अंधड़, झोंकेदारी।

gustless a. निःस्वाद, नीरस, विरस, बेस्वाद।

gusto n (किसी कार्यको करते हुए प्राप्त होनेवाला) स्वादभाव, आनन्द, तीव्र रुचि, मजा; (प्रा०) असाधारण स्वाद और सुगन्ध (*enjoy the full ~ of*)।

gusty a. वातमय, निर्घाती, झोंकेदार, आँधीवाला; आवेगयुक्त, लहकवाला, लपटवाला।

gut १. n. आहारनाल, निचली अन्ननलिकाका विशिष्ट भाग, आँत, अँतड़ियाँ, आँतें; किसी वस्तुकी सामग्री; तंग रास्ता या दर्रा; सँकरी गली या सड़कका सँकरा भाग; नदीका मोड़, (आक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज); आन्त्र-कुल्या, पानीकी सँकरी नाली, नाला, जलडमरुमध्य; (बहु०, ग्रा०) चरित्रबल, साहस, अडिग रहनेकी शक्ति; (प्रायः बहु०) उदर जिसमें क्षुधाका अनुभव होता है (ग्रा०); रेशमके कीड़ोंकी अँतड़ियोंसे बना हुआ पदार्थ जिससे चारा (मछली पकड़नेके लिए) बनता है; ताँत (पशुओंके तन्तुओंसे निर्मित वह पदार्थ जिससे वायलिनके तार बनते हैं); २. v.t. & i. अँतड़ियाँ निकालना, साफ करना (मछली); लालचके साथ खाना, हड़पना (ग्रा०); सारभाग या तत्त्व निकाल लेना (पुस्तक इत्यादिका); सर्वस्व हर लेना, (सामान) लूट ले जाना, (मकानमें) झाड़ू दे जाना, खुछ न छोड़ना, सब नष्ट कर देना या हटा देना; blind ~ स्तनपायी पशुओंकी बड़ी आँतोंका

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

प्रारम्भिक भाग; बन्द मुँहवाली कोई नाली; *has no ~s in it* वास्तविक मूल्यसे विहीन, निःसार, सारहीन, व्यर्थ, बेजान।

gutta-percha n. निक्षीरेय, पर्चारस, मटमैले रंगका लसलसा पदार्थ, गटा परचा।

guttate a. बिन्दुकित, बिन्दीदार, धब्बेदार।

guttee n. = GUTTY.

gutter १. n. प्रणाल, परिवाह, नाला, गन्दी नाली, बरनाल, मोरी, पनाला, ओलतीके नीचेका छिछला गड्ढा या सड़कके किनारेकी नाली;पानीका रास्ता (क०); २. v.t. & i. स्रोतोंमें बहना, पानीका रास्ता बनाना, नालियाँ बनाना; (मोमबत्तीमे): नालियाँ पड़कर मोमका बह जाना; ~-snipe आवारा या घुमक्कड़ लड़का।

guttering n. नालिका-प्रणाली, नालियाँ,नालिका-श्रेणी।

guttiferous a. निर्यासोत्पादी, गोंद उत्पन्न करनेवाला।

guttiform a. बिन्द्वाकृति, बिन्द्वाकार, बूँदके आकारका।

guttle v.t. & i. लालचके साथ खाना, हड़पना, भकोसना।

guttler n. लालचके साथ खानेवाला, हड़पनेवाला, लालची, खाऊ, पेटू।

guttural १. n. कण्ठ्य ध्वनि या अक्षर (जैसे हिन्दीके क्, ख्, ग् इत्यादि, अँग्रेजीके k, g इत्यादि); २. a. कण्ठ-, गल-, कण्ठ्य, कण्ठस्थानीय, कण्ठमें उत्पन्न अथवा तालु और पश्चजिह्वा द्वारा उत्पन्न (ध्वनि); कण्ठ-सम्बन्धी, कण्ठका, गलेका।

gutturalism n. ध्वनि या स्वरका तालु और पश्चजिह्वा द्वारा उत्पन्न किया जाना; ध्वनि या स्वरको कण्ठ्य बनानेकी प्रवृत्ति।

gutturalize v.t. तालु और पश्चजिह्वासे उत्पन्न करना, ध्वनि या स्वरको कण्ठ्य बनाना।

gutturalness n. कण्ठस्थानीयता, कण्ठस्थिति।

gutty n. (गॉल्फ ग्रा०) गटा परचाकी गेंद, गुट्टी।

guy[1] १. n. जहाजका रस्सा, क्रेनमें लटकते हुए बोझको स्थिर रखनेकी जंजीर या खेमेकी तनावकी रस्सी; २. v.t. जंजीर या रस्सीसे स्थिर रखना; मत्कुण, खटमल, उड़स ⊙; वाचाल, गप्पी, बातूनी ⊙।

guy[2] १. n. भुतना, हौवा, विकटाकृति मनुष्य, विलक्षण वस्त्राभूषित व्यक्ति; गाई फाक्सकी प्रतिमा जो ५वीं नवम्बरको जलाई जाती है; साथी, व्यक्ति ⊙; अच्छा साथी, अच्छा व्यक्ति ⊙; (अमेरिकाके अतिरिक्त अन्य देशोंमें ग्रा०) नौ-दो ग्यारह हो जानेकी क्रिया, चम्पत हो जाना, भागना, खिसकना; २. v.t. & i. हँसी उड़ाना; गाईकी प्रतिमाको प्रदर्शित करना; (ग्रा०) नौ-दो ग्यारह होना, भाग जाना, रफू-चक्कर होना।

guzzle v.t. & i. अतिमात्र पीना; (धन इत्यादिको) खाने-पीनेमें उड़ा देना; लोलुपतासे खाना या पीना, ढकोसना।

guzzler n. अपव्ययी, रुपया उड़ानेवाला, फुजूलखर्च; बहुत खाने-पीनेवाला, पेटू।

gwyniad n. सितमीन, सामन जातिकी एक मछली, गुनीद।

gybe, jibe n. & v.t. & i. (बादबान या पाल फैलानेकी रस्सीसे सम्बन्धित) दूसरी ओर झूलना या डोलना अथवा झुलाना या डुलाना (जब कि हवा सामनेसे पड़ती हो); (नाव, जहाज इत्यादिका) झूलकर (पाल दूसरी ओर घुमाकर) मार्ग बदलना।

gym n. (ग्रा०) व्यायाम, कसरत, वर्जिश, जिमनास्टिक; व्यायामशाला, जिमनेज़ियम।

gymkhana n. व्यायाम-सम्बन्धी प्रदर्शन; (मौलि० आंग्ल-भारतीय) व्यायामशाला, व्यायाम-गृह, व्यायाम या मल्लक्रीड़ा इत्यादिका सार्वजनिक स्थान, जिमखाना, खेल-घर।

gymnasial a. व्यायामशालासे सम्बन्धित, व्यायामशालाका; जिमखाना या जिमनेज़ियमका।

gymnasiarch n. (प्राचीन यूनानमें) व्यायामाध्यक्ष; क्रीड़ा-नेता; बहुत बड़ा पहलवान।

gymnasium n. व्यायामशाला, जिमनेज़ियम, अखाड़ा; यूरोपीय उच्चतमश्रेणीकी पाठशाला; (कभी-कभी बहु० *-ien*)।

gymnast n. व्यायाम-निपुण व्यक्ति, कसरती पहलवान।

gymnastic १. n. (बहु०) व्यायाम-विद्या, मांस-पेशियोंको विकसित करनेवाले व्यायाम, कसरत; वह शिक्षा-पद्धति जिसमें अभ्यासका बहुत ध्यान रखा जाता है (*grammar is a good ~*); २. a. शारीरिक या (बहुत कम) मानसिक व्यायाम-सम्बन्धी, अभ्यासयुक्त, प्रयत्न अथवा कार्यकारितासहित।

gymnic, -al a. व्यायाम-सम्बन्धी, पहलवानीका।

gymnocarpous a. नग्नफली, नंगे फलवाला।

gymnogen n. = GYMNOSPERM.

gymnogenous a. (कूटनेपर) नग्न, नंगा, साफ, बिना भूसीका।

gymnogynous a. (वन०) नग्नाण्डाशय, जिसकी डोडी बाहर निकली हो।

gymnorhinal a. रोमहीन नथनेवाला।

gymnosophist n. तपस्वी, रहस्यवादी; अवधूत, योगी, संन्यासी, वैरागी, मुनि, साधु; एक प्राचीन हिन्दू दार्शनिक सम्प्रदाय, नांगा।

gymnosophy n. वैराग्य, योगमार्ग।

gymnosperm n. नग्नबीज-वृक्षक, नंगे बीजवाला पौधा।

gymnospermous a. नग्नबीज, नंगे बीजवाला।

gymnospore n. नग्न-बीजाणुयुक्त।

gynaeceum n. (ग्रीक और प्राचीन रोमन) अन्तःपुर, जनानखाना, मकानमें स्त्रियोंके कमरे; (वन०; प्रायः गलतीसे *-oecium*) स्त्रीलिंग-चक्र, पुष्पके स्त्रैण अंग।

gynaecian a. स्त्रैण, स्त्री-सम्बन्धी, नारीविषयक।

gynaecocracy n. स्त्री-प्राधान्य, स्त्रीराज्य, नारीतन्त्र, स्त्रियोंका शासन।

gynaecolatry n. स्त्री-पूजा, नारी-भक्ति।

gynaecology n. स्त्रियोंके रोगोंका विज्ञान।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

gynandria n. pl. (वन०) नरमादा पौधे।
gynandrian, -ous aa. पुंस्त्री, नरमादा।
gynarchy n. = GYNAECOCRACY.
gynoecium n. = GYNAECEUM.
gynophobia n. स्त्री-भय, नारी भय, नारीके प्रति घृणा।
gyp[1] n. विद्यालय-भृत्य, कैम्ब्रिज और डर्हममें कॉलेजका नौकर, खिदमतगार या बैरा इत्यादि।
gyp[2] n. (ग्रा०) क्रूर दण्ड, भर्त्सना; *give one* ~ किसीको निर्दयतापूर्वक दण्ड देना या दिलाना, उसकी भर्त्सना करना, कोसना।
gyp[3] १. n. वंचक, प्रतारक, ठग; २. v.t. प्रतारित करना, ठगना।
gypseous a. जलयुक्त चूर्णातुशुल्बीय, खड़िया-मिट्टी-सा, सिलखड़ीवाला, जिप्समका।
gypsiferous, gypsous aa. जलयुक्त चूर्णातुशुल्बीयमिश्रित, खड़ियावाला।
gypsography n. खादकी भाँति खड़िया या चूर्णातुशुल्बीयका प्रयोग।
gypsoplast n. आचूर्ण, खड़ियाका पलस्तर।
gypsum १. n. जलयुक्त चूर्णातुशुल्बीय, खड़िया-मिट्टी, सिलखड़ी, कुलनार, कबखटी, वह खनिज-पदार्थ जिससे दग्धाचूर्ण (plaster of Paris) बनता है, जिप्सम; २. v.t. उपर्युक्त-पदार्थकी खाद देना या डालना।
gypsy ⊙, **gipsy** n. जिप्सी, रोमणी, यायावर।
gyral a. = GYRATORY.
gyrate[1] v. i. घूमना, चक्कर लगाना, चक्कर खाना।
gyrate[2] a. मण्डलाकार, वलयित; (वन०) छल्लों या कुण्डलियोंमें सजाया हुआ।
gyration n. वलयन, घूर्णन, चक्रगति, चक्कर, घुमरी।
gyrator n. वलयक।
gyratory a. वलयन या घूर्णनसे सम्बन्धित, चक्कर खानेसे सम्बन्धित; घूर्णक, चारों ओर घूमनेवाला, चक्कर खानेवाला, घिरनीदार।
gyre १. n. वलय, घूर्णन, मण्डल, घुमरी, घिरनी, चक्कर; २. v. i. (का०) चक्कर खाना इत्यादि पूर्व अर्थोंमें।
gyrfalcon n. दीर्घकाय आर्कटिक-चील।
gyrograph n. घूर्णालेखक यन्त्र, भ्रमणलिख।
gyroidal a. वर्तुलित, कुन्तलित, वर्तुलाकार; वर्तुलगामी, चक्करदार ढंगसे चलनेवाला।
gyromancy n. चक्रज्योतिष।
gyrometer n. वलयमान, चक्करदार वेगमान।
gyroplane n. घिरनीदार विमान, जिरोप्लेन।
gyropter n. एक प्रकारका हेलीकॉप्टर (हवाई जहाज)।
gyroscope, gyrostat nn. वलयेक्ष, वलयदर्श, वलयदर्शित्र, जिरॉस्कोप, धुरीपर घूमनेवाले लट्टू या यन्त्र (जैसा कि कुतुबनुमापर होता है)।
gyroscopic a. वलयदर्शीय, वलयदर्शित्र-सम्बन्धी, जिरॉस्कोपका।
gyrose a. वक्ररेखांकित, टेढ़ी रेखाओंसे अंकित।
gyrostat n. = GYROSCOPE; घूर्णिका, लट्टू।
gyrus n. (मस्तिष्ककी) वलयन, ऐंठन।
gyve १. n. बन्धन, बाधा, रुकावट; (प्रायः बहु०) (का०) निगड, हथकड़ी, पैकड़ा, बेड़ी; २. v.t. बाधा उपस्थित करना, रुकावट डालना; हथकड़ी लगाना, बेड़ी डालना।

H

H अंग्रेजी वर्णमालाका आठवाँ अक्षर, = ह (बहु० *Hs, H's*); ~-iron H के आकारका लोहेका गाटर या गार्डर।
ha int. हा, हाय, हा ! हा !, अरे, हन्त, ओह, अहो, वाह, वाह !, अहा हा !, हरे राम, हाय हाय।
ha दे० HUM.
haaf n. गहरे समुद्रमें मछली पकड़नेका क्षेत्र।
haar a. शीतसागर-नीहारिका, समुद्री कोहरा।
habeas corpus n. व्यक्ति-स्वातन्त्र्य; बन्दी-प्रत्यक्षीकरण; अभियुक्तका उपस्थिति-पत्र; ~ Act अधिनियम जिसके द्वारा उपस्थिति-समादेशकी सुविधा दी गयी।
haberdash n. बिसातगीरी, बिसातीका सौदा या उसकी दूकान।
haberdasher n. बिसाती, पटवा, फुटकर विक्रेता, सुई कंघी बेचनेवाला।
haberdashery n. विविधपण्य, बिसातका सामान, पटवेका सामान।
haberdine n. सुखायी हुई नमकीन कॉड मछली।
habergeon n. उरश्छद, शृंखला-कवच, जालीदार गलेसे सीनेतकका जिरह-बख्तर।
habiliment n. (pl.) परिधान, पोशाक, लिबास, वर्दी; (एक०) (क्वचित्) सामग्री, साज, सामान।
habilitate १. v.t. (खानोंमें) काम करनेके लिए काफी पूँजी या मूलधन लगाना; स्थापित करना, बसाना; २. v. i. (किसी नौकरीके) योग्य या उपयुक्त होना।
habilitation a. स्थापना, प्रतिष्ठा, पद या नौकरीके लिए अर्हता, योग्यता; पूँजी लगाना (खानोंमें)।
habit[1] n. वृत्ति, अभ्यास, प्रवृत्ति, स्वभाव, लत, टेव, बान, आदत, (जैसे, *he is in the ~ of contradiction*); रीति, व्यवहार, चालढाल, ढंग; शारीरिक गठन, बनावट, काठी (जैसे, *man of corpulent ~*); (वन०, प्राणिवि०) स्वरूप; (प्रा०) वेश, भेस, बाना, वस्त्र; पहनावा, पोशाक (*~ cloth*); riding-~ महिलाओंके लिए सवारीकी पोशाक;
~ deterioration, ~ formation, ~ reform.
habit[2] v.t. (वस्त्र) पहिनाना, धारण कराना; बसना, रहना, निवास करना, निवासी होना।
habitability, -ableness nn. वास्तव्यता, निवासयोग्यता।
habitable a. वास्तव्य, वासक्षम, बसनेयोग्य, निवास-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

योग्य, रहने लायक, रहने काबिल ।

habitancy n. वास, आवास, निवास; स्थायी निवास-स्थान ।

habitant n. वासी, निवासी, रहनेवाला, (विशे०) कैनेडाका ।

habitat n. आवास, वसति, धाम, गृह, गेह, घर, स्थान, पौधे या पशुका प्राकृतिक निवास ।

habitation n. निवास, वसति, वास, निवासस्थान, गृह, गेह, घर, मकान; रहना, बसना, आवास (जैसे, *fit for human* ~) ।

habitual a. स्वाभाविक, स्वभावज, व्यावहारिक, प्रचलित; सन्तत, शाश्वत, नित्य, लगातार, पुराना, सदाका; व्यसनी; अभ्यस्त, आभ्यासिक, अभ्यासी, आदी (~ *criminal*), लतवाला (जैसे ~ *drunkard*) ।

habitually adv. स्वभावतः, आदतसे; शाश्वततः, सदा, नित्य, नित्यतः ।

habitualness n. सततता; व्यसनशीलता, आदत, अभ्यासी होना, आदी होना, लत पड़ना ।

habituate v.t. अभ्यस्त होना, स्वभाव होना, बान पड़ना या बान डालना, सधना, सधाना, आदी बनना या बनाना, स्वभाव या आदत डालना ।

habituation n. अभ्यस्तता, आदीपन, आदी होना या बनना ।

habitude n. मानसिक या शारीरिक गठन, शरीरकी काठी; प्रथा, प्रणाली, रीति, रिवाज, दस्तूर; वृत्ति, रुझान ।

habitue n. बहागन्ता, अभ्यासी आगन्तुक, बारम्बार किसी स्थानपर आनेवाला व्यक्ति ।

hachure n. (मानचित्रमें) छाया रेखा, पहाड़ीकी ढलान दिखानेके लिए छाया ।

hacienda n. सम्पत्ति, सम्पदा, जागीर, जायदाद; प्रक्षेत्र, मैदान, फार्म ।

hack[1] n. फावड़ा, कुदाल, गैंती; आघात, प्रहार, चीर, कड़ी चोट, गहरा घाव ।

hack[2] n. वह तख्ता जिसपर बाजके लिए मांस रखा जाता है; ईंटें सुखानेका चौखट या ढाँचा; *be at* ~ फट्टेपर खाना-पीना (जब शिकार करनेकी आशा न हो) ।

hack[3] n. कदश्व, जीर्ण अश्व, भाड़े या किरायेका टट्टू, टुटही घोड़ी; ठेका गाड़ी; साधारण सेवक, टहलुआ, कमेरा, कमिया; ~stand ○ गाड़ियोंका अड्डा, दे० HACKNEY; ~writer कलमका मजदूर, साधारण लेखक ।

hack[4] v.t. & i. टुकड़े काटना, टुकड़े करना, खण्ड-खण्ड करना, बोटी-बोटी करना; पिण्डुलीपर गेंदको ठोकर मारना; गहरा घाव करना, कड़ी चोट लगाना, मर्मभेदी प्रहार करना; खौं-खौं करना, धीमे-धीमे खाँसना; ~-saw दाँतेदार आरी (जिससे धातु काटी जाती है) ।

hack[5] v.t. & i. सामान्य या सार्वजनिक बनाना; किरायेके लिए देना; भाड़ेपर चलाना ।

hackbut n. (इति०) एक तरहकी तोप ।

hackee n. उत्तरी अमरीकी गिलहरी ।

hackery n. शकट, बैलगाड़ी, छकड़ा, बहेली, सग्गड़ ।

hacking n. कुकुर खाँसी, रुक-रुककर आनेवाली खाँसी ।

hackle n. सनको साफ करनेकी कंघी; पालतू मुर्गे या अन्य पक्षियोंके गर्दनपर होनेवाले लम्बे पर, कलँगी, पक्षियों के गरदनपरकी पक्षराशि; मछलीका चारा ।

hackle[2] v.t. सन साफ करना, छीलना; (मछलीके चारेको) परोंसे सजाना अथवा सँवारना; चीरना-फाड़ना, खण्ड-खण्ड करदेना, टुकड़े-टुकड़े करना, बोटी-बोटी काटना, कचूमर निकालना; *with his* ~*s up* रोयें खड़े किये, गरदन फुलाये, क्रोधमें, लड़नेको तैयार ।

hackler n. शण-शोधक, पटुआ या सन साफ करने वाला ।

hackly a. खुरदुरा, दानेदार, खुरखुरा, ऊबड़-खाबड़ ।

hackney[1] n. टट्टू, भाड़ेका टट्टू; श्रमिक, कमेरा, टहलुआ; ~-carriage, -coach किरायेकी गाड़ी, भाड़े-की गाड़ी, ठेका गाड़ी ।

hackney[3] v.t. अतिसामान्य बना देना, सर्वसुलभ करना, किरायेपर देना ।

hackneyed a. जीर्ण, जर्जर, शिथिल या मन्द; सार्व-जनिक, सामान्य; भाड़ेका ।

hacqueton n. एक प्रकारका जाकेट, वण्डी, फतूही ।

had दे० HAVE का भूतकालिक रूप ।

haddock n. शाम्बरी (मछली) ।

hade n. (भूगर्भ०) उत्कोण ।

Hades n. (ग्रीक पुराण) अधोलोक, पाताल, पाताललोक, प्रेतलोक, यमलोक; कब्र ।

hadj n. हज, मुसलमानोंकी मक्केकी तीर्थ-यात्रा ।

Hadji, Hajji n. हाजी ।

haecceity n. (दर्शन) इहता; सत्ता, अस्तित्व, व्यक्तित्व ।

haemachrome, he- n. रक्तवर्ण, लहूमेंका रंग ।

haemacyte n. लवाणु, कण; देहाणु; कोशा; रुधिर-कोशा ।

haemal a. (श० र० शा०) शोण-, खूनका ।

haemamaeba, he- n. रक्ताणु, हीमामीबा ।

haematemesis, he- n. शोण-वमन, रुधिर-वमन ।

haematic[1], **he-** a. रक्त-, शोण, रुधिर-सम्बन्धी, खूनका, खूनी, रक्तमय, रक्तयुक्त, रुधिरपूर्ण ।

haematic[2], **he-** n. रक्तशोधक ओषधि, खूनपर असर डालनेवाली दवा ।

haematin, he- n. (रसा०) नीले काले रंगका आकृति-हीन शोणित पदार्थ ।

haematinic, he- a. शोणितिक, शोणित-विषयक, रक्त-सम्बन्धी ।

haematite, he- n. गैरिक, शोणितिज (धातु) ।

haematitic, he- a. शोणितिजवत्, शोणितिज सदृश, हिमटाइट जैसा; शोणितिज-सम्बन्धी, शोणित धातुका ।

haematoid, he- a. शोणितवत्, रुधिर-सदृश, खून जैसा ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

haematology, he- n. शौणिकी, शोणित-विज्ञान, रुधिरविज्ञान, रुधिरशास्त्र ।
haematosin, he- n. = HAEMATIN.
haematosis, he- n. शोणितीयन, रुधिरीभवन; खूनमें बदल जाना; कोशा-निर्माण, रक्त-कोशा-रचना ।
haematoxylin, he- n. शोणद्रुवि, काष्ठ-रंजन-विधि, लकड़ी रँगनेका तरीका ।
haematuria, he- n. शोणमेह, रक्तमेह, पेशाबसे खून आना ।
haemocoele, he- n. शोणगुहा, खूनभरी थैली ।
haemoglobin, he- n. रक्तकण, रक्तविन्दु, रक्तरंजक-द्रव्य, हीमोग्लोबीन ।
haemolymph, he- n. श्वेत शोणित, श्वेताभ रुधिर ।
haemophilia, he- n. रक्तस्रावन ।
haemophiliac, he- a. रक्तस्रावीय, रक्तस्रावनात्मक, खून आनेसे सम्बन्धित ।
haemoptysis, he- n. (खाँसीसे) शोण-वमन, रुधिर-वमन, फेफड़ेसे खून गिरना ।
haemorrhage, he- n. रक्त-स्राव, रक्तप्रवाह, खून आना; रुधिर-गति ।
haemorrhagic, he- a. रक्तस्रावात्मक, खून आनेसे सम्बन्धित ।
haemorrhoidal, he- a. रक्ताशींय, खूनी बवासीर-का ।
haemorrhoids, he- n. रक्तार्श, खूनी बवासीर ।
haemostasis, he- n. शोणावरोध; रक्त-रोध, खून रुक जाना ।
haemostat, he- n. शोणावरोधी, रक्तरोधी ।
haemostatic, he- a. रक्तरोधी, लहूको बन्द करने-वाला ।
haffet n. (स्काटलैण्ड) शीर्ष-पार्श्व, सिरका पहलू, कनपटी, कनपटीका बाल ।
hafiz n. हाफिज (जिसे कुरान कण्ठाग्र हो) ।
haft[1] n. (तलवार या चाकू आदिका) कब्जा; मुठिया, मूठ, बेंट या बेठ; दस्ता ।
haft[2] v.t. मुठिया लगाना, दस्ता लगाना, बेंट लगाना ।
hag n. स्थविरा, बुढ़िया, कुरूप वृद्धा स्त्री, डाइन, चुड़ैल, टोनही; ~berry विहंगवदर; ~fish कुहाकिनी मीन; ~ridden दुःस्वप्नग्रस्त; ~-seed चुड़ैलका बच्चा, डाइनका बच्चा ।
haggard[1] a. म्लानमुख, क्लान्त, श्रान्त, क्षाम, दुबला-पतला, मरियल; जरठ; श्येन-सम्बन्धी ।
haggard[2] n. बनैला श्येन, जंगली बाज ।
haggis n. (एक प्रकारका भोजन) भेड़ आदिका मांस ।
haggish a. डाइन-सी, चुड़ैल-सी ।
haggle v. i. & n. बखेड़ा करना, झगड़ना, लड़ना, झाँव-झाँव करना, मोल-तोल या भाव-ताव करना, खींच-तान करना ।
haggler n. बखेड़ा करनेवाला ।
hagiarchy n. सन्तराज्य ।
hagiographal a. (यहूदियोंका) पावन धर्मग्रन्थ-सम्बन्धी, हैगियोग्राफ-विषयक ।
hagiographer n. सन्त-चरितकार, सन्त-जीवनी-लेखक ।
hagiography n. सन्त-चरित-कलाप, सन्त-जीवनी-संग्रह; सन्त-चरित-अध्ययन ।
hagiolatry n. सन्त-पूजा ।
hagiologist n. = HAGIOGRAPHER.
hagiology n. = HAGIOGRAPHY.
hagioscope n. (चर्चमें) तिर्यग्दर्श, वेदीतक देखनेके लिए तिरछा खुला हुआ भाग ।
hah[1] v.i. हा करना ।
hah[2] int. अ-हा, ह-हा, ह-ह-ह ।
ha-ha[1] १. int. हाहा, हँसी; २. v. i. हँसना, हाहा करना ।
ha-ha[2] n. घेरा, बाड़ ।
hail[1] n. करका, उपल, ओला, बनौरी (जैसे ~*storm*); बाणोंकी बौछार, गाली तथा प्रश्नों आदिकी बौछार; ~stone उत्पल, बनौरी, ओला, पत्थर ।
hail[2] v. i. & t. करका वृष्टि होना, ओले गिरना, बनौरी पड़ना (जैसे, *it ~s*); (ला०) प्रहार या चोटों, शब्दों आदिकी बौछार करना या होना, वर्षा करना, सरोष टूट पड़ना ।
hail[3] n. नमस्कार, अभिवादन, सलाम, जय-जयकार, स्वस्ति ।
hail[4] v.t. & i. प्रणाम करना, नमस्कार करना, अभिवादन करना; जयजयकार करना, (जैसे ~ *him king*); आह्वान करना; 'अरे', 'हे', कहकर पुकारना, बुलाना; ~ *from* आना, सम्बद्ध होना ।
hail[5] int धन्य, शाबाश, वाह रे शेर आदि; ~-fellow घनिष्ठ मित्र; ~-fellow-well-met घनिष्ठ ।
hair* n. (समुदायवाची एकव०) केश, कच, बाल*, चिकुर, कुन्तल, रोम या लोम, रोयां (~s प्राचीन प्रयोग है); काँटा; अल्पमात्रा, सामान्य परिमाण, बाल जैसी चीज, बाल बराबर चीज; अणु, लव, विन्दुमात्र; ~-bell एक फूल; ~breadth or ~'s breadth अत्यल्प अन्तर; बाल बराबर, जरा-सा, थोड़ा फासला, ~breadth escape बाल-बाल बच जाना; ~cloth कम्बल; ~-do (बोल०) केश-प्रसाधन-शैली; ~dresser केश-प्रसाधक, नापित, हज्जाम, नाई, बाल काटने और सँवारनेवाला; ~-eel जूँ; ~-line (बालकी बनी हुई) रस्सी, रज्जु, डोरी, (लिखनेमें ऊपरकी ओर उठी हुई) सूक्ष्म टेखा; ~-pencil चित्रकारीका महीन ब्रुश; ~pin bend सड़कका दोहरा मोड़; ~-powder बसमा; ~-raising रोंगटे खड़ेकर देनेवाला, भयानक; ~-seal रोमश जलव्याघ्र; ~-shirt संन्यासियोंके लिए बाल या रोयेंका बना कुर्ता; ~-space (मुद्र०) बहुत थोड़ी जगह, सूक्ष्मातिसूक्ष्म स्थान; ~-splitting a. & n. बहुत बड़ा झंझट, बालकी खाल निकालना, अतिसूक्ष्म; ~spring (घड़ीकी) बाल कमानी; ~-stroke शोशा,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

६३९Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

लिखावटमें ऊपरकी ओर सुन्दर घसीट; ~-tail एक मछली; ~ trigger बन्दूकका वह प्रधान पुरजा (घोड़ा) (जिसके जरा-सा छू देनेसे ही बन्दूक दग जाती है), बालघोड़ा; *against the* ~ बुरा, अशोभन; *do, put up, let down, her* ~ जूड़ा बाँधना, चोटी बाँधना, चोटी छोड़ना (केश शृंगार); *get* person *by the short* ~*s* पूर्ण अधिकार जमाना, पूरी तरहसे काबूमें करना, एकदम वशमें लाना, किसीके आसरे या किसीकी दयापर होना; ~ *stands on the end* (भय या डरकी हालतमें) रोमांच होता है, रोयें या रोंगटे खड़े होते हैं; *keep* ~ *on* (आ०) चित्त शान्त करो, ठण्डे पड़ो; *not turn a* ~ तेवर न बदलना, शान्त रहना, सह लेना, अविचलित रहना; *put up, turn up, her* ~ जूड़ा बाँधना, चोटी बनाना; *split* ~*s* बालकी खाल निकालना, मीन मेख निकालना; सूक्ष्म अन्तर करना; *to* ~, *to the turn of a* ~ बिलकुल ठीक-ठीक, पूर्णतया, पूर्णरूपसे, भली भाँति;

~ band, ~-beard, ~ bleacher, ~brain, ~-brained, ~ brown, ~ brush, ~ bulb, ~cap, ~cap moss, ~ cell, ~-check, ~ cleaning allowance, ~ curl, ~cut, ~-cutting, ~-cutting allowance, ~ distribution, ~ dye, ~-fibred, ~ follicle, ~-germ, ~ gland, ~ hygrometer ~lock, ~ moss, ~-net, ~-oil, ~-papilla, ~-pin, ~ pyrites, ~ raising, ~-restorer, ~ salt, ~-slide, ~-stand-on-end, ~stone, ~streak, ~-wash, ~work, ~ worm.

haired a. लोममय, रोयेंदार, बालवाला, झबरा।

hairiness n. रोमशता, झबरापन, झबरा होना।

hairless a. केशहीन, विकेश, गंजा, मुण्डा, बेबालका।

hairy a. केशी, रोमावृत्त, रोमश, बालदार।

hairy-heeled (आ०) नीच वंशका, हीन कुलका, तुच्छ आचार या व्यवहारवाला, बुरे तरीकेका।

hake n. हेक, काडकी तरहकी मछली।

Hakeem, -kim n. चिकित्सक, हकीम।

Hakenkreutz n. स्वस्तिक।

hakim[1] n. शासक, प्राधिकारी, हाकिम।

hakim[2] n. = HAKEEM.

halation n. (छायाचित्रमें) धूमिका, धुँधलापना; धब्बा।

halberd, -rt n. परशु, गड़ासा, भालेदार कुल्हाड़ा।

halberdier n. भालाधारी।

halcyon[1] n. मीनरंक, रामचिरैया, = KINGFISHER.

halcyon[2] a. शान्त, निरुद्वेग, अक्षुब्ध, चुपचाप।

hale[1] v.t. (प्रा०) संकृष्ट करना, घसीटना, बलपूर्वक खींचना।

hale[2] a. नीरोग, स्वस्थ, नीरुज, हृष्ट-पुष्ट, हट्टा-कट्टा, भला-चंगा, तगड़ा, मोटा-ताजा।

haleness n. नीरोगता, स्वस्थता; हृष्ट-पुष्टता, हट्टा-कट्टापन।

half[1] n. (pl. *halves*) अर्द्ध, अर्धभाग, अर्धांश, आधा (जैसे, *cut it into halves, the* ~ *of 8 is 4*)।

half[2] a. अर्द्ध, आधा (जैसे, *a* ~ *share*); better-~ भार्या, पत्नी, अर्द्धांगिनी; घरवाली, बीवी; ~-and-~ आधा-आधा; ~-back (फुटबाल और हाकीके खेलमें) FORWARD के पीछेवाले खिलाड़ीका स्थान, हाफबैक; ~-baked अपूर्ण ज्ञानवाला; अधपका, अधकचरा, अधूरा; ~ binding पुस्तककी जिल्द (जिसके कोने और पीठपर चमड़ा हो किन्तु शेष अंशमें कपड़ा या कागज हो); ~-blood(ed) वर्णसंकर, दोगला; भिन्नगर्भ, वैमात्रिक, सौतेला; ~-blue पताका, झण्डा; बिल्ला; ~-bred असभ्य, अर्द्धशिक्षित; वर्णसंकर, दोगला; ~-breed वर्णसंकर, दोगला आदमी; ~-brother, -sister वैमात्रेय, वैमात्रेयी, सौतेला भाई, सौतेली बहन; ~-caste वर्णसंकर, दोगला, संकरजातीय; ~ cock दे० COCK; ~-crown ढाई शिलिंगके बराबर चाँदीका एक सिक्का; ~-deck व्यापारिक पोत (तिजारती जहाज) पर शिल्पविद्यार्थियों तथा सैनिकोंके कक्ष या कमरे; ~-hardy अर्धसहिष्णु, जो शीतकालके अतिरिक्त अन्य समय मैदानमें उग या बढ़ सकें; ~-hearted हतोत्साह, उत्साहहीन, निरुत्साही, खिन्न, अन्यमनस्क, अनमना, उमंगरहित; ~-heartedness अन्यमनस्कता, खिन्नता, बेदिली; उत्साहहीनता ~ hitch सादा गाँठ, चकरी गिरह, दे० HITCH; ~-length शरीरके आधे ऊपरी भागका चित्र; ~-mast high मृत व्यक्तिके सम्मानमें झण्डेको आधी ऊँचाईतक गिरा देना; ~ measures समझौता, आधे-आधेकी नीति; ~ moon अर्द्धेन्दु, चन्द्रार्ध, अर्द्ध-चन्द्र, आधा चाँद; सप्तमी-अष्टमीकी रातका चन्द्रमा, अर्ध-चन्द्राकार वस्तु (जैसे, हँसिया); ~(-)nelson कुश्तीका एक दावँ; ~ pay (सेना आदिके) उस अफसरका घटाया हुआ वेतन (जो न तो अवकाश प्राप्त हो और न नियमित रूपसे कार्यमें ही हो); ~ penny अधन्नी, आधे पैसका सिक्का; ~-royal एक प्रकारका पाटा जिसपर रखकर पुस्तक आदिमें लेई लगायी जाती है; ~-seas-over अर्द्धचेतन अवस्थामें, कुछ-कुछ नशेमें, समुद्रके बीचमें; अर्द्धचेतन, आधा मस्त; ~ staff ⊙ ध्वज-दण्डकी आधी ऊँचाईतक; ~-time अर्द्ध-समय, आधा वक्त; आधे समयपर, आधे वक्तपर; पूरे समयके बीचका समय; ~-timer वह विद्यार्थी जोआधे समयतक पाठशालामें अध्ययन करे; ~-title ग्रन्थ-नाम, पुस्तक-नाम अथवा उसका संक्षिप्त रूप (जैसे रामचरित मानस और मानस); ~ ton ⊙ आधा टन, (= ~ *a ton*); ~-tone बिन्दु-चित्र; ब्लाकसे छपा (चित्र जिसमें प्रकाश और छाया-चिह्न छोटे-छोटे बिन्दुओं द्वारा स्पष्ट किये गये हों); ~-tone block, process बिन्दु-चित्र-विधि, इस प्रकारके ब्लाक द्वारा चित्र छापनेकी प्रणाली अथवा उसकी प्रक्रिया; ~-truth अर्द्धसत्य, अंशतः सत्य, आंशिक सत्य, आधी सचाई; ~-way अधूरा, मध्यमें, बीचोंबीच; ~-way house सन्धि, बीचका मार्ग,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

समझौता, समझौतेका रास्ता; दो नगरों या कस्बोंके ठीक मध्यमें स्थित सराय; ~-wit(ted) अल्पबुद्धि, मूर्ख; ~-yearly षाण्मासिक, अर्द्धवार्षिक, छमाही; one-and-a-~ डेढ़; *cry ~ves* समान भागका दावा करना, बराबर हिस्सेका हकदार बनना; *get a ~ nelson on* पूर्णाधिकार प्राप्त करना, पूरी तरहसे कब्जेमें करना; *go ~ves* आधी-आध बँटाना, साझीदारसे बराबर हिस्सा लेना या बँटाना; *~ a loaf is better than no bread* सारीसे आधी भली; *not ~* पूरा-पक्का, बहुत (जैसे, *not ~ a bad fellow, he did not ~ swear*);

~ a crown, ~-admitted, ~ afraid, ~ alive, ~ angry, ~-anna, ~ average pay, ~ a year, ~-balk, ~beak, ~-bleached, ~-blooded, ~-buried, ~-cleaned, ~ clear, ~ cloth, ~ coach, ~ day, ~-dead, ~-decked, ~-decker, ~-degree, ~ diet, ~-dollar, ~-dressed, ~ electrolyte, ~-fare, ~-feed, ~-grown, ~-guinea, ~-hardy, ~ hold, ~-holiday, ~-hulled, ~ imperial size, ~-leaded, ~-life period, ~ margin, ~-marked, ~-miler, ~-milled, ~-monthly, ~ mourning, ~-necked, ~-note, ~-oscillation, ~-paced, ~-paid, ~ pay, ~ period, ~ pike, ~ pilotage, ~-pressed, ~ price, ~-rate, ~-read, ~ relief, ~-rigged, ~-rigger, ~ ripe, ~-round bars, ~ rupee, ~-sailed, ~-seer bag, ~-shade, ~-shade saccharometer, ~ share, ~-silk black, ~ silvered, ~ sister, ~ size, ~-sized, ~sleeves, ~ speed, ~-speeded, ~ squadron, ~ strength, ~ ticket, ~-tide, ~ tint, ~tone process, ~ transparent, ~ true, ~ truth, ~ wave plate, ~ year.

half[3] adv. अर्द्धतः, आधे परिमाणमें, अंशतः (जैसे, *it is ~ cooked*)।

halibut, hol- n. खानेकी एक बड़ी मछली, हैलिबट (*~ liver oil*)।

halicore n. मकरगौ, जल-गौ, सागर-गौ, समुद्री गाय।

halidom n. पावनता, पूतता, पवित्रता; लघु स्मार, क्षुद्र अवशेष; यन्त्र, जन्तर, तावीज।

halieutic a. मत्स्य-ग्रहण-सम्बन्धी, मछली पकड़नेसे सम्बन्धित।

halieutics n. मत्स्यग्रहण-कला।

halite n. सैन्धव, देशीय लवण, देशी नमक।

halitosis n. श्वासरोग, दूषित श्वास, गन्दी साँस।

halitous a. वाष्प-युक्त, भापदार।

halitus n. वाष्प, भाप।

hall १. n. प्रशाल, महाकक्ष, बड़ा कमरा, दालान, हाल; महल, प्रासाद; (विश्वविद्यालय) अध्यक्ष द्वारा सीधे शासित संस्था; छात्रों या विद्यार्थियोंके लिए बनी हुई इमारत; (इंग्लैण्डके कालेजों आदिमें) साधारण जलपान-गृह, खाने-पीनेका कमरा; व्यापारिक मण्डलों या संघोंकी इमारत (जैसे, *Sadders' H~*); शाल, सभा-भवन, दीवानखाना; गृह-प्रवेश मार्ग, घरमें जानेका रास्ता, गलियारा; ~mark प्रमाणांक; २. v.t. प्रमाणांकित करना।

hallelujah, -luiah n. अलहम्दुलिल्ला, भगवत्स्तुति।

halliard n. पाल-रज्जु, ध्वज-रज्जु, पाल या पताका उतारने या चढ़ानेका रस्सा।

hallo, -loa[1] int. अरे, हा, ओ, हो (विस्मयादि बोधक अव्यय) = HULLO.

hallo, -loa[2] n. विस्मयबोधक ध्वनि, अरे! इत्यादि।

hallo, -loa[3] v. i. हो, रे- की ध्वनि करना।

halloo[1] int. लिहो! लिहो! (कुत्तोंको पीछा करनेके लिए उत्तेजित करनेवाली ध्वनि); अरे!, अहो!, वाह रे! (आश्चर्यसूचक अव्यय)।

halloo[2] v. i. & t. हाँक मारना, गुहारना, पुकारना, कुत्तेको तू-तू करना, ललकारना; गुहार लगाना, वावेला मचाना, शोर करना; *do not ~ until you are out of the wood*)।

hallow[1] n. (अप्र०) सन्त, साधु, महात्मा, ऋषि, (*~mas, feast of All-hallows = All Saints' Day*)।

hallow[2] v.t. अर्चना करना, पूजना, प्रतिष्ठा करना, पुण्यशील मानना, पुनीत बनाना, पवित्र करना, संस्कार करना, साफ करना।

hallow[3] v.t. & i. उत्तेजित करना, ललकारकर प्रोत्साहित करना, उकसाना, शोर मचाते हुए या ललकारते हुए पीछा करना, (कुत्ते आदिको) उत्तेजित करनेके लिए लुहकारना, लिहो-लिहो करना।

Hallowmas n. = ALL-SAINTS DAY.

hallucinate v.t. भ्रान्त होना, भ्रान्त करना, मूढ़ बनाना, मायाजालमें फँसाना।

hallucination n. दृष्टिबन्ध, दृष्टिभ्रम, निर्मूल भ्रम, मतिविभ्रम, भ्रान्ति, व्यामोह, माया, इन्द्रजाल।

hallucinatory, hallucinative aa. भ्रमात्मक, भ्रान्त, भ्रान्तियुक्त, ऐन्द्रजालिक।

hallux n. (मनुष्यका) दीर्घांगुष्ठ, बड़ा अँगूठा; (पक्षियोंका) पश्चांगुष्ठ, पिछला अँगूठा।

halm n. पलाल, तृण।

halma n. हालमा (एक खेल जो २५६ वर्गोंमें गोटियोंसे खेला जाता है)।

halo[1] (pl. *-es*) n. प्रभामण्डल, तेजोमण्डल, दीप्तिचक्र, प्रकाशकुण्डल; परिवेश, घेरा, वृत्त, दायरा, हलका; अपूर्व यशस्वी।

halo[2] v.t. प्रभामण्डलसे घेरना; यशसे युक्त करना।

halogen n. नीलकूल्य, हैलोजेन, (एक पदार्थ जिसके मिश्रणसे धातुएँ नमक बन जाती हैं)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

halogenous a. नीलकुल्यीय, हैलोजेन-सम्बन्धी ।
haloid a. लवणाभ, लवणवत्, लवण-सदृश, नमक-जैसा ।
halophile a. = HALOPHILOUS.
halophilism n. लवणानुकूलन, लवणजीवी बनना ।
halophilous a. लवणप्रिय, लवणजीवी ।
halophobe n. अलवणजीवी वृक्षक, लवणयुक्त भूमिमें न पैदा होनेवाला पौधा ।
halophyte n. लवणजीवी-वृक्षक, लवणयुक्त भूमिमें पैदा होनेवाला पौधा ।
halt[1] n. अवस्थान, अस्थायी विराम, विश्राम, क्षणिक ठहराव, रुकाव; विश्रामस्थान, पड़ाव, डेरा, मंजिल, मुकाम ।
halt[2] v. i. यात्रा भंग करना, क्षणिक विराम लेना, पड़ाव डालना, डेरा डालना, टिकना, ठहरना; लँगड़ाना, लँगड़ाकर चलना, लड़खड़ाना; हिचकना, द्विविधामें पड़ना, असमंजसमें पड़ना, आगा-पीछा करना (जैसे, *~ between two opinions*) ।
halt[3] a. पंगु, लँगड़ा, लड़खड़ाता ।
halt[4] v.t. टिकाना, ठहराना, पड़ाव डलवाना ।
halter[1] n. रज्जु; डोरी, पट्टी, तस्मा; रज्जु-पाश, कण्ठ-पाश, फाँसीकी डोरी; फाँसी द्वारा मृत्यु, गलफाँसी, गाँसी ।
halter[2] v.t. डोरीसे जकड़ना; गलफाँसी लगाना ।
halteres n. (pl.) मक्खियोंके पंखोंका दूसरा जोड़ा ।
halting n. (प्रा०) पंगुता, लँगड़ापन; विराम, ठहराई (*~ allowance*) ।
haltingly adv. द्विविधापूर्वक, रुक-रुककर ।
halve v.t. द्विविभाग करना, आधोआध करना, दो टूक करना; समान भागी होना, हिस्सा लेना; *~ a hole with* (गॉल्फके खेलमें) प्रतिपक्षीके समान संख्यामें गेंदको पार पहुँचाना, बराबर रहना ।
halyard, halliard, haulyard n. रस्सी, डोरी, बादबानकश, पाल चढ़ाने उतारनेकी रस्सी ।
ham[1] n. पुट्ठा, जाँघ, रानका पिछला भाग; (प्रा०) घुटनेका झुकाव; (ग्रा०) अनुभवशून्य, अनभ्यस्त, अयोग्य ।
ham[2] n. (इति०) नगर, ग्राम, गाँव, बस्ती, कस्बा, मौजा; (तुलना करें HAMLET) ।
hamadryad n. (प्रा० ग्री० कथा) तरुदेवता, वह अप्सरा या वनदेवी जो उस वृक्षके साथ मरती-जीती है जिसपर उसका निवास है; नाग, विषैला भारतीय सर्प; अबीसीनियाका बन्दर ।
hamarthritis n. सन्धिवात, सभी जोड़ोंमें गठिया ।
hamartiology n. पापवाद, पापसिद्धान्त, ईश्वर-विद्याका वह सिद्धान्त जो पापको दूर करता है ।
hamate a. वक्र, टेढ़ा ।
hamble v.t. अंग-भंग करना, अंग काट लेना, कुत्तेके पंजे काटकर शिकारके लिए बेकार कर देना ।
Hamburg n. = HAMBURGHER.
Hamburgher n. काली दाख (अंगूर); एक प्रकारका पालतू मुर्गा; गोमांसका कीमा (*hamburg steak*); मांसकी चटनी ।
hames n. (pl.) गल-छड़, धातु या लकड़ीके टेढ़े टुकड़े जो घोड़ोंके गलेमें डाल देते हैं ।
hamiform a. अंकुशाकृति, अंकुशाकार, वक्र, हँसिया-जैसा, टेढ़ा ।
hamirostrate a. वक्रचंचु, टेढ़ी चोंचवाला ।
hamite n. अंकुशाश्म, अंकुशरूप, जीवाश्म ।
Hamitic a. हैमिटिक, हामी, मिश्री ।
hamlet n. ग्रामक, पुरवा, खेड़ा, पल्ली, छोटा गाँव ।
hammam (अरबी) हमाम, तुर्की स्नानागार ।
hammer[1]* n. घन, हथौड़ा*, मुँगरी, मारतोल; पियानो आदिका तार; *~-beam* मुख्य धन्नीके नीचे दीवारसे निकली हुई कड़ी; *~-cloth* ड्राइवरकी सीटका कपड़ा; *~-head* हथौड़े या घनका सिरा; ग्राह, एक प्रकारकी बड़ी मछली; अफ्रीकी पक्षी; *~-lock* कुश्तीका एक दाँव; *~man, -smith* लोहार, हथौड़े या घनसे काम करनेवाला; *bring to the ~* नीलाम कराना; *come under the ~* नीलाम किया जाना; *~ and tongs* सारी शक्तिसे, धक्केसे; *knight of the ~* लोहार, लुहार; *throwing the ~* व्यायाम-विशेष, भारी घन या हथौड़ा चलाना ।
hammer[2] v.t. & i. घनसे पीटना, ठोंकना, गढ़ना; युद्ध या खेलमें भीषण पराजय देना; *~ at* परिश्रम करना; एँड़ी चोटीका पसीना एक करना; *~ idea into* person's *head* मस्तिष्कमें बात ठूँसना; *~ out* योजना बनाना, सोचकर निकालना; गढ़ना, ढाँचा बनाना ।
hammered p.p. कुट्टित ।
hammerer n. अयोघन-शिल्पी, घनभार, हनक, हथौड़ा चलानेवाला ।
hammerless a. अयोघन-रहित, हनक-विहीन, बिना हथौड़ेका ।
hammock n. दोला, झूलन खटोला, पालना, हिंडोला, डोली ।
hammy a. पुट्ठेवाला, धुएँमें सुखाये एवं नमकीन बनाये गये सुअरके मांस-जैसा ।
hamose a. = HAMOUS.
hamous a. वक्रान्त, सिरेपर टेढ़ा ।
hamper[1] n. टोकरी, डलिया, झावा, छीवा; डाली, झाबेमें भेजा गया खाद्य उपहार (जैसे *Christmas ~*) ।
hamper[2] n. (नौवि०) जहाजका आवश्यक परन्तु भारी-भारी सामान ।
hamper[3] n. प्रतिबन्ध, रोक, रुकावट; पैकड़ा ।
hamper[4] v.t. नियन्त्रित करना, प्रतिबन्ध लगाना, विघ्न एवं बाधा डालना, गतिरोध करना, अवरुद्ध करना, काँटे बिछाना, रोड़े अटकाना, उलझाना, झंझटमें डालना ।
hampered a. अवबाधित, अवरुद्ध ।
hamshackle v.t. सिर और पैर साथ छाँदना, कसना ।
hamster n. एक चूहा ।
hamstring[1] n. घुटनेके नीचेकी बड़ी नस ।
hamstring[2] v.t. घुटनेकी नसोंको काटकर (मनुष्य या पशुको) पंगु कर देना ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

hamulus (श० र० शा०, वन०, जीववि०) अँकड़ी, कँटिया, हुक ।

hand[1]* n. पाणि, हस्त, कर, हाथ*, चौपायोंके अगले खुर; प्रभुत्व, वश, प्रभाव, सत्ता, अधिकार (जैसे, *in the ~s of*); माध्यम, द्वारा, (जैसे, *by the ~s of, pass through many ~s*); पार्श्व, भाग, पक्ष; दिशा, ओर, रुख; (छापेखाने आदिको दिया गया) समाचार, सूचना; पाणिग्रहण (जैसे, *give* one's *~ to*); (प्रायः बहु० में) कर्मचारी, कारखानोंके कमेरा; हस्तलेख, लिखावट; लेखक, कलाकार (जैसे, *a picture by the same ~*); प्रवीणता, पटुता, कुशलता, चतुराई (जैसे, *a ~ for pastry*); क्रिकेट या बिलियर्डमें बाजी बदलना; लेखन, लिखाई (जैसे, *a legible ~*); हस्ताक्षर, लिखावट (जैसे, *witness the ~ of A. B.*); घड़ीकी सुई; गट्ठर, बोझ; घोड़ेकी परम्परानुगत ऊँचाई = ४ इंच; (ताशके खेलमें) हाथ बनाना या बोलना (जैसे, *first ~, second ~*); ताली, उच्चाक्रोश, प्रशंसोक्ति, करतल-ध्वनि, वाह-वाहकी गूँज; ~bag दस्ती बैग, हैण्डबैग; ~-barrow हाथ-गाड़ी; ~bell छोटी घण्टी; संगीत आदिमें साज-विशेष; ~bill विज्ञाप-पत्र, हस्त-पत्रक, परचा; ~book लघु ग्रन्थ, संक्षिप्त ग्रन्थ, गुटका, दस्ती किताब; निर्देशन-पुस्तिका; ~ booking ⊙ पुस्तक-निर्माण, किताब बनाना; ~ bookmen ⊙ पुस्तक-निर्माता; ~-canter (घोड़ेकी) साधारण चाल, कदम-चाल; ~cart ठेला; ~cuff हस्तबन्ध, हथकड़ी, हथकड़ी डालना; ~fast(ing) पाणिग्रहण, विवाह-प्रतिज्ञा, हाथ पकड़ना, सगाई करना; ~-gallop हलकी सरपट, साधारण झपट; ~glass मुठियादार हस्तदर्पण; ~grip पकड़, चंगुल, छीना-झपटी, हाथ पकड़ना; ~hold आश्रय, सहारा; ~loom करघा; ~made हस्त-निर्मित; हाथका बना; ~maid(en) परिचारिका, सेविका, अनुचरी, दासी, चेरी, लौंडी, नौकरानी; ~-out ⊙ (भिखारीको) द्वारपर दी गयी भिक्षा; ~rail सीढ़ियोंके अगर-बगर पटरी-बन्दी; ~shake (अभिवादनमें) करस्पर्श, हस्तपीडन, हाथ मिलाना; ~spike हस्तशंकु, तोपखाना अथवा जहाजपर प्रयुक्त होनेवाला लकड़ीका डण्डा (जिसमें लोहेकी साम लगी रहती है); ~springs ⊙ गाड़ीकी पहिया; ~-to-hand हाथोंहाथ; सामने; ~writing लेखन, हस्तलेख, हस्तलिपि, लिखावट; *all ~s* नाविकयूथ, मल्लाहोंका गोल; *at ~* समीप, निकट, नजदीक, करीब, (घटनाओंके सम्बन्धमें) सिरपर; *bear a ~* भाग लेना, सम्मिलित होना, हाथ बँटाना, हिस्सा बँटाना, शामिल होना; *be ~ in glove with* घनिष्टता प्राप्त करना, सम्पर्क रखना; *bind one ~ and foot* पूर्णतया बाँध देना, पूरी तरह-से जकड़ देना, कस देना; *by ~* हाथसे, हाथके बूतेपर, कमाई करके; *by the ~s of* द्वारा, पहुँचसे, सिफारिशसे; *change ~s* हस्तान्तरण; सम्पत्तिका एक हाथसे दूसरे हाथमें जाना; *clean ~s* निर्दोष, निरपराध, बेकसूर, पाक-साफ; *come to ~* प्राप्त होना, वापस आना, हासिल होना; *do a ~'s turn* किंचित् परिश्रम करना, थोड़ी मेहनत करना; तनिक बल देना, जरा-सा हाथ लगा देना; *for* one's *own ~* स्वयं अपने कार्यके लिए, अपनी गौंसे; *(live) from ~ to mouth* बासी बचे न कुत्ता खाये, किसी प्रकार दिन काटना, नित कमाना नित खाना, रोज कुआँ खोदना रोज पानी पीना, जितना कमाना सब उड़ा देना; *go ~ in ~ with* कदमसे कदम मिलाकर चलना; *~ hand* ⊙ प्रदान करना; *~ in hand* सौहार्दभावसे, साथ-साथ, हाथमें हाथ मिलाये; *~ over head* आलस्यपूर्वक, ऊँघते हुए, लापरवाहीसे, बिना चुस्ती-फुर्तीके; *~s off !* (स्पर्शनिषेध बोधक) मत छुओ, हाथ दूर रहे; *~s up !* (स्वीकार सूचक) हाथ ऊपर उठाओ, विरोध या असहमति प्रकट करनेका निर्देश; *~ to ~* अत्यन्त समीप, बहुत निकट, (झगड़े-फसादमें) हाथोंहाथ; *have, keep,* one's *~ in* संलग्न रहना, अभ्यस्त होना, कार्य जारी रखना; *his ~ is out* अभ्यास छूट जाना, अनभ्यस्त हो जाना, बान छूटना; *in ~* अधिकारमें, हाथमें; इच्छापर निर्भर, मर्जीपर; *it requires two ~s to clap* एक हाथसे ताली नहीं बजती; *lay ~s on* हाथ लगाना, छीनना, हड़पना, चट करना, हाथ साफ करना; *lend a ~* सहायता देना; *let not thy left ~ know what the right ~ doeth* नेकीकर दरियामें डाल; *off ~* तात्कालिक, वहीं-का-वहीं, बिना किसी तैयारी-के, तुरन्त; *on all ~s* प्रत्येक दिशासे, हर तरफसे; *on ~* अधिकारमें, हाथोंमें, कब्जेमें; *on* one's *~s* किसीके उत्तरदायित्वपर, किसीके जिम्मे; *on the one ~* एक ओर, *on the other ~* दूसरी ओर, भिन्न रूपमें (जैसे, *on one ~ he was born with a silver spoon in his mouth and on the other ~ was a great friend of the poor*); *out of ~* अधिकार या कब्जेके बाहर; तत्क्षण, तत्काल, तुरन्त, फौरन; *scatter with one ~, gather with the two* एक हाथसे बिखेरो दोनों हाथोंसे समेटो; *serve ~ and foot* तनमनसे, पूरी लगनसे, दत्त-चित्त होकर सेवा करना; *set the ~ to* (काममें) हाथ डालना; *take in ~* प्रारम्भ करना, हाथमें लेना, सँभालना; *to ~* पार्श्ववर्ती, समीपस्थ, सन्निकट, पहुँचके अन्दर, पास, नजदीक; *to* one's *~* सहायतार्थ कटिबद्ध होना, उद्यत होना, तैयार होना; *under his ~* हस्ताक्षरसे; *with a heavy ~* बलपूर्वक, कठोरता-पूर्वक, दबाकर, कड़ाईसे; *with a high ~* निःशंक भावसे, निर्भीकतापूर्वक, आग-बबूला होकर, तैशके साथ;

~ balance, ~-barrow, ~-beaten, ~ bleaching, ~-blocked, ~-bow, ~ brake, ~-built, ~car, ~-cart, ~-carve, ~ centrifuge, ~clasp, ~-coloured, ~-cut, ~ delivery, ~ dyeing charges, ~-dyer, ~-embroidered, ~ exhausting pump, ~-fed,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~-feeding, ~-filled grenade, ~ fodder-cutter, ~-girth, ~-grenade, ~-gun, ~-hewn, ~ high, ~ hoe, ~-hoeing, ~-hole, ~ labour, ~ lens, ~ level, ~ levers, ~-line, ~-list, ~-lock, ~-maid, ~-microphone, ~-microtome, ~-mill, ~ money, ~ note, ~-off, ~-operated, ~ organ, ~ paper, ~-pick, ~-post, ~-pounded rice, ~-pounding, ~ press, ~pressman, ~-print, ~-printer, ~-processor, ~-pump, ~ receipt, ~sale, ~-saw, ~-screw, ~-seperater, ~-sewer, ~-shunted, ~-shunting, ~ signals, ~-sketch, ~ sowing machine, ~-staff, ~-stripping card, ~-tailored, ~-thresher, ~-threshing machine, ~-tied, ~ tillage, ~ tool, ~ towel, ~-weapon, ~-wheel, ~-work, ~-woven cloth, ~-wrought.

hand[2] v.t. चढ़ने उतरनेमें सहायता करना; पार उतारना; हस्तान्तरण करना, सौंपना, दे देना; विरासतके रूपमें देना, कार्यालयमें हाथों-हाथ देना; ~-off फुटबालमें विपक्षीको हाथसे ढकेलना; ~-out भिक्षा, भीख।

handed a. सहस्त, हस्त-युक्त, हाथवाला, हाथसे।

handful n. (pl. *handfuls*) अत्यल्प संख्यामें, मुट्ठीभर, गिने-चुने, इने-गिने, थोड़े-से; (बोल०) भीषण व्यक्तिका कार्य, कठिन कार्य, दुःखदायी व्यक्ति।

handicap n. प्रतिस्पर्धा, प्रतिद्वन्द्विता, प्रतियोगिता, दौड़, मुकाबिला; (घुड़दौड़में) प्रतियोगीपर लादा हुआ भार; अक्षमता; (अलं०) असुविधा, अवरोध, विघ्न, बाधा, नियन्त्रण, काँटा, रास्तेका रोड़ा, कठिनाई, अड़चन।

handicapper n. अश्व-धावन-निरीक्षक, घुड़दौड़का निरीक्षक।

handicraft n. हस्तशिल्प, हस्तकौशल, दस्तकारी; शिल्पविद्या, शिल्प उद्योग, दस्तकारीका पेशा।

handicraftsman n. हस्तशिल्पी, कारीगर।

handiness n. दक्षता, कौशल, निपुणता, तत्परता।

handiwork, handywork nn. हस्तशिल्प, हाथकी बनी वस्तु, हाथका धन्धा, दस्तकारी।

handkerchief n. रुमाल (*neck* ~, *pocket* ~); *throw the* ~ *to* किसीको श्रेय देना, (खेल या दौड़में) किसीको लेनेके लिए रुमाल फेंकना।

handle[1] n. हस्तक, हत्था, मूठ, बेंट, दस्ता, कब्जा; वह घटना जिससे लाभ उठाया जा सके; ~ *to* one's *name* उपाधि, पदवी, खिताब।

handle[2] v.t. स्पर्श करना, छूना, हाथ लगाना; चतुराईसे प्रतिपादित करना; सँभालना, प्रबन्ध करना, व्यवस्था करना, संचालन करना, चलाना, देख-भाल करना, बन्दोबस्त करना, चलाना; व्यवहार करना, बर्ताव करना (जैसे, ~ *a person roughly, kindly*); व्यापार करना, रोजगार करना; विषय-प्रतिपादित करना, उसपर व्याख्यान देना, समझाना।

handler n. हस्तक-ग्राही, हत्था पकड़नेवाला, मूठ पकड़नेवाला, बेंट पकड़नेवाला।

handless a. हस्तहीन, लूला, लुंज, अनाड़ी।

handling n. हस्तन, हत्था पकड़ना, मूठ पकड़ना, बेंट पकड़ना; व्यवहार, निर्वाह, व्यवसाय, प्रबन्ध।

handloom n. वेम, करघा।

han(d)sel[1] n. नववर्षोपहार, बधाई, बयाना, बट्टा, बोहनी; *give* ~ *to* आरम्भ करना, उद्घाटन करना।

han(d)sel[2] v.t. *(-ll-)* नववर्षोपहार देना, भेंट देना; बोहनी करना; आदर्श बनना, नमूना होना, प्रथमतः कसौटीपर रखना, सबसे पहले आजमाइश करना।

handsome a. चारु, सुन्दर, कान्तिमान्, स्वरूपवान्, मनोहर, खूबसूरत; वदान्य, उदार, दयालु, दयापूर्ण (जैसे, *a* ~ *treatment*); अतुल, अधिक, यथेष्ट, यथोचित, अच्छा, खासा; ~ *is that* ~ *does* (संस्कृत) यत्राकृतिस्तत्र गुणा वसन्ति, यत्राकारः गुणास्तत्र, जहाँ रूप वहाँ गुण, काम प्यारा है चाम नहीं।

handsomeness n. चारुता, सुन्दरता, मनोहरता, खूबसूरती; वदान्यता, उदारता।

handy a. आसन्न, समीपस्थ, उपस्थित, तैयार, मौजूद; सुविधाजनक, आरामका; प्रवीण, निपुण, कुशल, दक्ष, पटु, चतुर; ~ man (नावि०) अनुभवशील आदमी, पुराना आदमी।

hang[1] n. लम्बन, लटकाव; *get the* ~ *of* कौशल प्राप्त करना, चतुराई आ जाना, गुर समझ लेना, अटकल पाना, पेंच या दाँव जानना; *not a* ~ लेशमात्र भी नहीं, तनिक भी नहीं।

hang[2]* v.t. *&* i. लटकाना*, टाँगना; सूखनेके लिए मांस लटकाना; भीतपर चित्र टाँगना; दीवारपर अबरी या कागज सजाना; घरमें घण्टी फिट करना; उलझना, लटकना*, झूलना; किवाड़का पायजोंपर झूलना; फाँसीपर लटकाना, सूलीपर चढ़ाना (जैसे, *he was* ~*ed*); लटका लेना, झुका लेना (जैसे, ~ *the head*); झुकना, छाना; तलवार या दण्डका लटकना (जैसे, *sword, punishment* ~*s over his head*); लटकायी या चिपकायी वस्तुओंसे सजाना; ~ dog निकृष्ट, पतित, नीच, तुच्छ, कमीना; ~man वधिक, जल्लाद; ~nail दे० AGNAIL; ~ over शराब आदिका दुष्परिणाम, नशेका बुरा नतीजा; ~, ~ *it !* ~ *you* गोली मारो, काठ मारो, परे करो; ~ *about* घूमते रहना, चक्कर लगाना, टहलते रहना; ~ *back* झिझकना, ठमकना, दबकना; ~ *fire* (बन्दूक इत्या०) दगनेमें देर करना; ~ *behind*, धीमी चालसे चलना, घोंघेकी चाल चलना; ~ *heavy* (समय) दूभर हो जाना, धीरे-धीरे बीतना, पहाड़ हो जाना; ~ *off* झिझकना, ठमकना, दबकना, पिछड़ जाना; ~ *off on* पूर्ण आश्रय लेना, विश्वास करना; आसरा देखना, चिमटना; ~ *on* आश्रित होना, निर्भर होना; चिपके रहना (*to* के साथ); ~ *out* बाहर लटकना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

निकलकर बाहर झूलना; साथ-साथ रहना, बारम्बार भेंट करना ⊙; ~ *together* घनिष्ठता होना, सम्बद्ध होना, जुड़ा होना, मिल-जुलकर रहना; ~ *up* लटकाना, टाँगना; खटाईमें डालना; स्थगित करना;

~-back, ~bird, ~-choice, ~-fair, ~-head, ~nest, ~ net, ~worm, ~worthy.

hangar n. विमानगृह, वायुयान-छादक, वायुयान-शाला, विमानशाला, हवाई जहाजकी बरसाती, हैंगर।

hanger[1] n. बधिक, जल्लाद, फाँसीपर लटकानेवाला।

hanger[2] n. पार्वतीय ढालपर स्थित वन।

hanger[3] n. आलम्ब, उद्बन्धन, (जैसे, *bell-~*, *paper-~*); रस्सी, फन्दा, अरगनी; खूँटी; लिखावटमें दोहरे मोड़वाली लकीर; कटारी, करौली; ~-on आश्रित, अधीन, उपजीवी।

hanging १. n. परिच्छद, दीवारपर लटकनेवाला कपड़ेका पर्दा; २. a. नत, लटकनेवाला; a ~ matter वह अपराध जिसमें प्राणदण्ड प्राप्त हो; ~ committee समिति जो प्रदर्शिनीमें चित्र सजानेकी विधिका निर्णय करे; ~ gardens तल्लेदार बाग; ~-guard (तलवार चलानेमें) बचावका पैंतरा।

hank n. लटी, लच्छी, अंटी, फेंटी, सूतका गोला, अट्टी, गुण्डी।

hanker v. i. (*after* के साथ) इच्छा करना, तीव्र उत्कण्ठा होना, उत्कट अभिलाषा होना, बेचैन होना, लालायित होना।

hankering n. तीव्र इच्छा, उत्कण्ठा, लालसा, स्पृहा, उत्सुकता, चाह।

hanky n. (शिशु०) HANDKERCHIEF का संक्षिप्त।

hanky-panky n. मदारीपन; छल, ठगी।

Hans n. जर्मन या डच।

Hansard n. (HANSE) हैंसका सदस्य-व्यापारी।

Hansardize v.t. संसद्-सदस्यसे वाग्विनिमय, पार्लामेण्टमें पूर्व-वक्तव्यके आधारपर वाद-विवाद करना।

Hanse n. व्यापारिक-संघ; जर्मन-भाषी नगरों या कस्बोंमें स्थापित राजनैतिक तथा व्यापारिक समुदाय, व्यापार-सभा, हैंस।

Hanseatic a. व्यापारिक संघ-सम्बन्धी।

hansom (cab) n. दो पहियेकी एक गाड़ी, बग्घी।

hap[1] n. संयोग, अवसर, दैवयोग, भाग्य, तकदीर; (बहु०) आकस्मिक घटना।

hap[2] v.t. भाग्यवशात् घटित होना, दैवात् सिरपर आ पड़ना, एकाएक हो पड़ना।

haphazard[1] n. संयोगमात्र, दैवगति, दैवयोग; अक्रम।

haphazard[2] a. दैवाधीन, आकस्मिक, अविचारित, अव्यवस्थित, अस्तव्यस्त, ऊलजलूल; *at, by,* ~ अकस्मात्।

haphazard[3] adv. संयोगतः।

hapless a. मन्दभाग्य, अभागा, दुखिया, बदकिस्मत।

haplography n. आवृत्तिलोपकी त्रुटि (जैसे, *philology* के स्थानपर *philogy*; हिन्दीमें रामकृपा तें पारबतिके स्थानपर रामकृपारबति)।

haploid a. एकल।

haploidy n. एकलता।

haplology n. (भाषावि०) आवृत्तिलोप।

haply adv. दैववशात्, संयोगवश, इत्तिफाकसे; सम्भवतः, कदाचित्, शायद।

ha'p'orth n. = HALFPENNY worth.

happen v.i. घटित होना, सामने आना, सौभाग्य प्राप्त होना, टूट पड़ना, होना, आ पड़ना, गुजरना; *if anything should ~ to me* यदि मैं मर आऊँ।

happened a. घटित, बीता (हुआ); ~ along ⊙ सौभाग्यसे साथ हो गया।

happening n. (प्रायः बहु०) घटना, वारदात ⊙।

happiness n. समृद्धि, ऐश्वर्य, प्रसन्नता, सौख्य, सुख, आनन्द, परितोष, चैन।

happy* a. ऐश्वर्यवान्, सुखी, आनन्दित, प्रसन्न, परितुष्ट, सन्तुष्ट, खुश; उद्यत, योग्य, उपयुक्त, उचित; मंगल, शुभ, पुण्य, प्रशस्त (~ *occasion*); ~-go-lucky अव्यवस्थित, बेपरवा, लापरवाह; ~ despatch=HARA-KIRI.

hara-kiri n. आँतें निकालकर आत्महत्या करना, अपमान या मृत्युदण्ड प्राप्त होनेपर जापानके उच्चवर्गोंमें प्रचलित आत्महत्या।

harangue[1] n. भाषण, व्याख्यान; उग्र प्रवचन, प्रभावशाली वक्तृता, जोरदार तकरीर।

harangue[2] v.t. सार्वजनिक वक्तृता देना, उग्र प्रवचन करना, प्रभावशाली भाषण करना।

haranguer n. सार्वजनिक वक्ता, प्रवचनपटु, उग्र प्रवचन करनेवाला।

haras n. अश्वपोषणशाला।

harass v.t. व्यग्र करना, व्यथा पहुँचाना, क्लेश देना, उत्पीड़ित करना, तंग करना, सताना, परेशान करना, हैरान करना, दिक करना।

harasser n. उत्पीडक, क्लेश देनेवाला।

harassment n. उत्पीड़न, क्लेश, परेशानी, तकलीफ।

harbinger[1] n. अग्रदूत, सन्देशवाहक, अगुआ, हरकारा; प्रतिहारी, द्वारपाल; (मूल) सैनिक दूत, राजकीय-यान, शाही सवारी।

harbinger[2] v.t. अग्रदूतत्व करना, आगमनकी सूचना देना।

harbour[1]*, **harbor** ⊙ nn. पोताश्रय, पत्तन, बन्दरगाह; आश्रय*, संश्रय, समाश्रय, आश्रय-स्थल; ~-bar बन्दरगाहका रेतीला तट; ~-master बन्दरगाहका प्राधिकारी;

~ authority, ~ dues, ~ limits, ~ line, ~ porpoise.

harbour[2] v.t. धारण करना, आश्रय देना, समाश्रय देना, शरण देना, पनाह देना; (जहाज) उतारना।

harbour[3] v. i. बन्दरगाहमें रुकना, लंगर डालना; टिकना, बसना, रहना।

harbourage n. आश्रय, शरण, पनाह लेनेका स्थान।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

harbourer n. आश्रय-दाता, शरण-दाता; (जहाज) उतारनेवाला।

hard[1]* a. दृढ़, तीव्र, कठिन, कठोर, घन, कड़ा*; दुरूह, दुर्बोध्य, दुर्ज्ञेय, गहन, (जैसे, ~ *words*, ~ *questions*); नृशंस, निष्ठुर, दारुण, निर्मोही, निर्दयी; कष्टकारक, क्लेशावह, व्यथाकर; कृपण, कंजूस; दुःसह, कष्टमय (जैसे, ~ *life*, *time*); दुर्भेद्य, कर्कश; पक्का, परिपुष्ट, ठहराऊ; (पेय पदार्थ) नशीला, नशा करनेवाला⊙; ~ and fast अतिकठोर, कठिन, कड़ा; ~-beam⊙ फलक, आलमारी; ~bitten भीषण, भयंकर (संघर्षमें); ~-boiled⊙ अभावुक, क्रियाशील; ~ cash धातुके सिक्के, नकद रुपया; ~ court टेनिस खेलनेका पक्का मैदान; ~ currency दुर्लभ मुद्रा (जिसका शीघ्र और अधिक अवपात न हो सके जैसे, अमेरिकाका डालर); ~-favoured, -featured सूक्ष्म, भद्दे, या कुरूप अंगोंवाला; ~-fisted कृपण, सूम, कंजूस, मक्खीचूस; ~-headed अभावुक, कर्मठ, क्रियाशील; ~-hearted निर्दयी, निर्मोही, कठोर, पाषाण-हृदय; ~ hit विपत्तिका मारा हुआ; ~-laid सख्त मँजा हुआ सूत; ~-lying money चतुरतापूर्ण कार्य्योंमें लगे हुए कर्मचारियोंको दिया गया अतिरिक्त धन; ~-mouthed (घोड़ा) कट्टर, बदजात; ~ of hearing कनबहरा, ऊँचा सुननेवाला; ~-pressed तंगीमें; ~ set कसा हुआ, जकड़ा हुआ, कसकर बाँधा हुआ; क्षुधित, भूखा; ~shell कठोर, न झुकनेवाला; कड़े छिलकेका; (अलं०) टससे मस न होनेवाला; जिसमें समझौता न हो सके (जैसे, H~shell Baptists⊙); ~ tack जहाजी बिस्कुट; ~ware लौहपात्र, लोहेसे निर्मित वस्तुएँ; ~wareman लौहपात्रोंका व्यापारी, लोहेके सामानोंका सौदागर; ~ water भारी पानी, (अनुपयुक्त) खारा जल; ~ winter कठिन शीत, नखशार जाड़ा; ~wood कठोर वृक्षोंके वन; ~ *by* पार्श्ववर्ती, आसन्न, सन्निकट, समीप, पास ही; ~ *nut to crack* कड़ी समस्या; ~ *up* असमर्थ, (पैसेके) अभावकी दशामें; ~*upon* निकट, समीप, पास;

~-acquired, ~back, ~-baked, ~-baked soil, ~ bast, ~beam, ~-billed, ~-boned, ~-bought, ~ cases, ~ chance, ~ coating, ~ cold, ~-contested, ~-cooked, ~crown, ~-cured, ~ dentine, ~-drawn, ~-dried, ~-driven, ~-earned, ~-faced, ~ facts, ~-fated, ~-fed, ~ fescue, ~ fight, ~-finished, ~-fired, ~-fleshed, ~-fought, ~ glass, ~ glass tube, ~-got, ~ grain, ~-grained, ~ gravel, ~ heads, ~-hit, ~-iron, ~ labour, ~ lead, ~-learned, ~ life, ~-looking, ~ money, ~mouth, ~-natured, ~ palate, ~pan, ~ pencil, ~-plucked, ~ question, ~ ray, ~-ridden, ~ roe, ~ seed, ~-skinned, ~ solder, ~-spun, ~ steel, ~ surface, ~-surfaced, ~ swearing, ~tail, ~ times, ~-used, ~ valve, ~-visaged, ~ wall plaster, ~ ware, ~waste, ~waste yarn ball, ~way, ~wear, ~ wheat, ~-won, ~ words, ~-worked, ~ worker, ~-wrung.

hard[2] adv. कठोरतासे, जोरसे (*try* ~, *raining* ~); *be* ~ *put to it* विपत्तिमें पड़ना; *it will go* ~ *with him* बड़ा अहित होगा।

hard[3] a. वाताभिमुख, हवाकी ओर।

harden v.t. & i. कठिन करना, दृढ़ करना, सख्त करना; कठिन बनना, दृढ़ बनना, सख्त होना।

hardened a. p.p. दृढ़ीकृत, पक्का (~ *criminal*), कड़ा, कठोर, पुष्ट किया हुआ।

hardihood n. दृढ़ता, निर्भीकता, दिलेरी; साहसिकता, धैर्य; प्रगल्भता, धृष्टता, ढिठाई।

hardiment n. = HARDIHOOD.

hardiness n. प्रगल्भता, धृष्टता; साहस, निर्भीकता, दिलेरी; हृष्ट-पुष्टता, हट्टाकट्टापन; सहिष्णुता, सहनशीलता; सदाजीवी पौधा।

hardish a. आकठोर, कड़ा-सा।

hardness n. कठोरता, काठिन्य; कड़ाई।

hardship n. (भाग्य या परिस्थितिकी) भीषणता, कटुता, कठोरता; (आर्थिक आदि) संकट, कष्ट, कठिन क्लेश, उग्र व्यथा, भारी विपत्ति, महान् अभाव।

hardy[1] n. निघाती, निहाई, निहाली।

hardy[2]* a. प्रगल्भ, धृष्ट, धीर, शूर, निर्भीक, साहसी, ढीठ, दिलेर; हृष्ट-पुष्ट, हट्टा-कट्टा, सहिष्णु; प्रत्येक ऋतुओंमें जीवित पौधा; half ~ (पौधा) बचाव चाहनेवाला; ~ annual वार्षिक समस्या, स्वच्छन्द वायुमें उगनेवाला पौधा।

hare n. शशक, ससा, खरगोश, खरहा; ~ and hounds एक खेलविशेष–कुछ खिलाड़ी खेतों या जंगलोंमें कागजके टुकड़े फेंकते जाते हैं और कुछ उन्हें एकत्र करते हैं; कागजी दौड़; ~bell (=BLUE-BELL) घंटूरेका फूल; ~-brained चपल, अधीर, चंचल, उतावला, जंगली, दिलजला; *a man after two* ~*s catches neither* दुविधामें दोनों गए माया मिली न राम; *one beats the bush another catches the* ~ अण्डे सेवै कोई बच्चा लेवै कोई;

~brain, ~-eyed, ~-footed, ~-hearted, ~-hound, ~lip, ~ mad, ~wood, ~'s-beard, ~'s-ear, ~'s-lettuce, ~'s-meat, ~'s-palace, ~'s-thistle.

harem, -am n. अन्तःपुर, रनिवास, जनानखाना, हरम; (प्रायः,–am) मुसलमानोंका पवित्र स्थान।

haricot n. भेड़का पका हुआ मसालेदार मांस; (~ *bean* भी) सेम।

hark v.i. & t. ध्यान देना, सुनना; बुलाना, ललकारना; ~ *back* (कुत्तोंके विषयमें) वापस

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

बुलाना, लौटा लेना, गन्ध पानेके लिए कुत्तोंका पीछे लौटना।

harken v.t. श्रवण करना, ध्यानसे सुनना।

harl v.t. & i. घसीटना, घिसटना; चूना और बालू बुरकना।

harlequin n. वैहासिक, विदूषक (इटली या इंग्लैण्डके खेलोंमें), भाँड, भड़ुआ।

harlequinade n. प्रहसन, विदूषक-नाट्य।

harlot[1] n. वारांगना, वेश्या, गणिका, पतुरिया, रण्डी।

harlot[2] v. i. वेश्यावृत्ति ग्रहण करना, पतुरिया बन जाना।

harlotry n. वेश्यावृत्ति, पतुरियापन।

harm[1] n. क्षति, अपहानि, नुकसान; अनिष्ट, अहित, अपकार, पीड़ा; *out of ~'s way* सुरक्षित स्थानमें, खतरेके बाहर।

harm[2] v.t. क्षति पहुँचाना, अनिष्ट करना, उपहानि पहुँचाना, अहित करना, अपकार करना।

harmattan n. उत्तरगाइनाके तटपर दिसम्बर, जनवरी और फरवरीके महीनेमें झुलसा देनेवाली हवा (लू), हरमेटन।

harmel n. जंगली गुलाब।

harmful a. अपकारक, हानिकारक, घातुक, क्षतिप्रद, अपकारी।

harmfulness n. हानिप्रदता,अनिष्टप्रदता, अपकारिता।

harmless a. निष्पाप, अघातुक, सरल, अनिष्टशून्य।

harmlessness n. अहिंसा, अनिष्टहीनता, सरलता।

harmonic a. प्रसंवादी, समध्वनि, संगत, ऐक्यपूर्ण; समस्वर, सुस्वर, एकताल; ~ mean हरात्मक मध्यमान; ~ progression हरात्मक श्रेणी; ~ proportion हरात्मक अनुपात; ~ quantities हरात्मक राशियाँ, वे राशियाँ जिनके व्युत्क्रम समानान्तर श्रेणीमें हों (जैसे, १/२, १/३, १/४, या १२, १५, २०) ~ range हरात्मक दूरी; ~ receiver विद्युत् तरंगोंका प्रतिग्रहीता।

harmonica n. श्वास वाद्यक ⊙, बीन बाजा।

harmonical a. = HARMONIC.

harmonicon n. = HARMONICA.

harmonious a. सामंजस्यपूर्ण, संवादी, संगत, ऐक्यपूर्ण, मधुर, सुखश्रव, सुस्वर, एकताल, एकस्वर, समस्वर, मधुर, सगीतमय, सुरमें गाने बजानेवाला।

harmoniousness n. समध्वनित्व, संगति, ऐक्यपूर्णता, मधुरता, सुखश्रवता, समस्वरता, सुस्वरता, संगीतमयता।

harmonist n. संगीतज्ञ, संगीतकार, राग-रागिनी तथा स्वरोंमें दक्ष पुरुष; समान आख्यायिकाओंकी तुलना करनेवाला।

harmonistic a. समान आख्यायिकाओंकी तुलना करनेवाले व्यक्तिसे सम्बन्धित।

harmonium n. हारमोनियम, (आ०) हरमुनिया।

harmonization n. स्वरयोजन, संगतीकरण।

harmonize v.t. & i. संगत करना या होना, ऐक्यमय करना या होना, समस्वर करना या होना, सुरोंका मिलना या मिलाना, एकताल करना या होना।

harmonizer n. संगीतज्ञ।

harmonometer n. सुर-संगतिमापक यन्त्र।

harmony* n. ऐक्य*, संगति, सामंजस्य, आनुरूप्य, सादृश्य, मेल*; समस्वरोंका समूह, समध्वनि, समताल, सुस्वर, कलस्वर; समान आख्यायिकाओंकी तुलना; (विशे०) चार खीष्टीय श्रुतियोंकी।

harn n. एक मोटा रेशमी कपड़ा, लिनन, हार्न।

harness[1] n. अश्व-सज्जा, पशु-सज्जा, साज; (ला०) काम करनेका सामान; तानेको बदलनेके लिए करघेका एक औजार, कंघी; (इति०) कवच।

harness[2] v.t. (घोड़ों आदिपर) साज चढ़ाना, जोतना; नदी या जलप्रपात आदिको विद्युत्के लिए काममें लाना; ~-cask (पोतोंमें) मांसपात्र; *in* ~ सक्रिय, दैनिक कार्यमें संलग्न।

harnesser n. संनहक, संनाहक, सन्नद्ध करनेवाला।

harp[1] n. वल्लकी, विपंची, वीणा, सारंगी, बीन।

harp[2] v.i. वीणा बजाना, सारंगी बजाना; अरुचिकर ढंगसे प्रतिपादित करना।

harper, harpist nn. वीणावादक।

harpoon[1] n. तिमिवेधनी, हारपून, हेलमछलीका शिकार करनेका भाला।

harpoon[2] v.t. हारपूनसे वेधना।

harpooner n. तिमिवेधक, भालेसे मछली मारनेवाला।

harpsichord n. वीणा-विशेष जिसका प्रयोग १६वीं शताब्दीसे लेकर १८वीं शताब्दी तक होता था।

harpy n. (यूनान और लैटिन पुराण) भयंकर दैत्य (स्त्रीका मुख, पक्षीके पैर); भयानक और हिंस्रक व्यक्ति।

harquebus, ar- n. (इति०) प्राचीन शतघ्नी-विशेष, पुरानी तोप।

harquebusier n. शतघ्नी-सैनिक, तोपची, सैनिक जिसके पास आर्कबूस तोप हो।

harr n. शीतल समुद्री धुन्ध।

harridan n. वृद्ध वेश्या; कर्कशा नारी, नीच स्वभावकी बूढ़ी स्त्री।

harrier[1] n. दुष्ट, उपद्रवी, विनाशक, उजाड़नेवाला, लूट-पाट करनेवाला।

harrier[2] n. हैरियर, खरगोशका शिकार करनेवाला कुत्ता; शिकारी तथा कुत्तोंका झुण्ड; एक प्रकारका बाज पक्षी।

Harris tweed n. हेब्रीडीज द्वीपके हैरिस नामक स्थानपर तैयार किया गया बकरीके बच्चेका चमड़ा।

harrow[1] n. सिरावन, हेंगा, पटेला; *under the* ~ संकटमें, विपत्तिमें, कष्टमें।

harrow[2] v.t. सिरावन देना, हेंगा चलाना, पटेला फेरना; पीड़ित करना, दुःख पहुँचाना, चोट पहुँचाना।

harrow[3] v.t. नष्ट-भ्रष्ट करना, उजाड़ना, बर्बाद करना, लूटना; ~ *hell* प्रभु ईशुका नरक उजाड़ना, नष्ट-भ्रष्ट

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

करना।

harrowing a. दुःखद, मर्मभेदी, हृदयच्छेदी।

harry v.t. नष्ट-भ्रष्ट करना, उजाड़ना, लूटना-खसोटना, तबाह करना; कष्ट देना, दुःख पहुँचाना, तंग करना, सताना, दिक करना।

harsh a. कर्कश, निष्ठुर, कटु, अप्रिय, रूक्ष, क्रूर, उग्र, निर्दय, अरुचिकर, सख्त, खुरदुरा।

harshness n. कर्कशता, निष्ठुरता, क्रूरता, रूक्षता, कटुता, कड़ाई, रूखापन।

hart n. मृग, रक्तकुरंग, लाल हरिण; ~'s-tongue लम्बे पत्तोंवाला फर्न; ~ *of ten* दस सिंघा हरिण (जैसे, बारहसिंघा)।

hartal n. (हिन्दी) हड़ताल।

hartebeest n. अफ्रीकी हिरन।

harum-scarum n. & a. प्रमादी, प्रमादपूर्ण, असावधान, उच्छृंखल, उतावला आदमी।

harvest[1] n. शस्य-संचय, कटनी, उपज, फसल; कर्मफल, कार्यपरिणाम; ~ brown मध्यरक्तपीत; ~-bug शस्यकीट, फसलका कीड़ा; ~ festival शस्योत्सव; ~ home शस्यान्तमें एक उत्सव; ~ moon २२ या २३ सितम्बरका चन्द्रमा; ~ mouse शस्यमूषक; ~ ants ~ fly, ~ lord, ~ mite, ~ prices, ~ prospects, ~ queen.

harvest[2] v.t. शस्य-संचय करना, फसल काटकर एकत्र करना।

harvester n. फसल काटनेकी मशीन, एक छोटा-सा कीड़ा जो फसल काटते समय परेशान करता है।

has दे० HAVE.

has-been n. (बोल०) पुराना आदमी; पिछला अंक।

hash[1] n. मिश्रण, मिलावट, गड्डु-बड्डु, छोटे टुकड़ोंमें काटकर पकाया हुआ मांस, नवीन रूपमें प्रस्तुत प्राचीन वस्तु; *make a ~ of* प्रयोगावस्थामें सत्यानाश कर देना; *settle* person's ~ समाप्त कर देना, काम तमाम कर देना।

hash[2] v.t. (~ *up* भी) मांसको काटकर टुकड़े-टुकड़े करना।

hashish, -eesh n. भाँग, हशीश; पटुवाकी कोमल पत्तियाँ, जिन्हें मिस्री, अरबी और तुर्क लोग सुखाकर खाते या पीते हैं।

haslet, hars- n. मांसका टुकड़ा, कबाबी मांस (विशे० कलेजी)।

hasp[1] n. लच्छी, अण्टी, फेंटी, गुण्डी; कुण्डी।

hasp[2] v.t. कुण्डी लगाना, कुण्डीसे बन्द करना।

hassock n. अण्टी या पोला; घुटने टेकनेकी गद्दी।

hast दे० HAS.

hastate a. कुन्ताकार, कुन्तवत्।

haste[1] n. त्वरा, वेग, क्षिप्रता, शीघ्रता, व्यग्रता (जैसे, *more ~ less speed*), हड़बड़ी, उतावलापन, जल्दबाजी।

haste[2] v. i. क्षिप्रता करना, शीघ्रता करना; *make ~* शीघ्रता करना।

hasten v.t. & i. शीघ्रता करना, गतिमें वृद्धि लाना, उतावली करना, जल्दी-जल्दी चलना।

hastener n. आशुकर्ता, क्षिप्रकारी, शीघ्रकर्ता, जल्दबाज।

hastiform a. = HASTATE.

hastiness n. वेगशीलता, शीघ्रता; उतावलापन, चिड़चिड़ापन; जल्दबाजी।

hasting a. आशु-, क्षिप्र-, शीघ्र, जल्द; आशुफल।

hasty a. द्रुत, सत्वर, वेगवान्, उतावला; विमर्शशून्य, अविवेकी; क्रोधी, चिड़चिड़ा; उजड्ड; ~ pudding दूध या जलमें पकी हुई लप्सी।

hat[1]* n. टोप*, टोपी, हैट; cardinal's or red ~ रोममें धर्माध्यक्षका पद; ~ trick इकट्ठे तीन विकट उड़ाना; opera ~ चोंगादार हैट जो सिकुड़ सके; top, high, chimney pot, ~ नोकदार रेशमी टोप; *as black as my ~* काला स्याह; ~ *in hand* दासवत्, विनीत भावसे; *pass, send round the ~* चन्दा माँगना, उगाहना; *talk through* one's ~ अतिशयोक्ति करना, बढ़-बढ़कर बातें करना, डींग मारना, शेखी बघारना; ~-band, ~-block, ~-box, ~-brim, ~-making, ~pin, ~-rack, ~-rail, ~-shaped, ~-stand.

hat[2] v.t. हैट लगाना, टोप पहनना।

hatable a. जुगुप्स्य, घृण्य, घिनौना।

hatch[1] n. (नौवि०) विपाटद्वार, विपाटावरण; खिड़की, झरोखा; विभक्त द्वारका निम्नार्द्ध; नदी या नगरके बाँधका द्वार; फलका; ~way (पोतमें) विपटद्वार, विपटावरण।

hatch[2] n. अण्ड-जनन, अण्डादुद्गमन, अण्डे सेना, अण्डेसे निकलना; अण्डे-बच्चे; चिन्तन।

hatch[3] n. प्रायः समानान्तर ढंगसे उत्कीर्ण रेखाएँ; ~ed moulding रेखोत्कीर्णित तल।

hatch[4] v.t. प्रायः समानान्तर रेखाएँ उत्कीर्ण करना।

hatch[5] v.t. & i. अण्डे सेना; अण्डेसे बच्चे निकालना; जनना, पैदा करना, षड्यन्त्र रचना और आगे बढ़ाना।

hatchel[1] n. शण-कंकट, सन साफ करनेकी कंघी।

hatchel[2] v.t. शण-कंकट करना, सनपर कंघी करना।

hatcher n. सनपर कंघी करनेवाला।

hatchery n. अण्ड-जनन-स्थान, अण्डे सेनेका स्थान।

hatchet n. कुठारी, परशु, कुल्हाड़ी, बसूला; ~-face तंग नुकीला चेहरा; *bury the ~* सन्धि करना; *take up the ~* युद्ध करना; *throw the ~* अत्युक्ति करना; *throw the helve after the ~* क्षतिपर क्षति पहुँचाना।

hatchety a. कुठारवत्, कुल्हाड़ीदार, बसूलाकी तरह।

hatching n. निर्गमन; रेखाच्छादन, रेखाओं द्वारा छायाकरण, लाइनोंसे शेड दिखाना।

hatchment n. शस्त्रांकित पट्टिका; मृत व्यक्तिके घरके सामने लगी तख्ती जिसपर उसके शस्त्रोंके चिह्न अंकित

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

रहते हैं; कुलचिह्नांकित ढाल ।

hate[1]* n. घृणा*, कुत्सा, द्वेष; *morning ~* शत्रु द्वारा प्रातःकालीन गोलाबारी ।

hate[2] v.t. घृणा करना, द्वेष करना, वैमनस्य रखना; बहुत दुःखी होना ⊙ ।

hateful a. घृणास्पद, घृणावह, घृणाजनक, गर्ह्य, कुत्सित, जुगुप्सापूर्ण; द्वेषमय, द्वेषोत्पादक ।

hatefulness n. घृणापूर्णता, द्वेषमयता ।

hater n. जुगुप्सक, घृणक, घृणा करनेवाला ।

hatful n. टोपभर परिमाण ।

hath HAVE का वर्तमानकाल, अ० पु०, ए० व० में प्राचीन रूप ।

hatless a. टोपीरहित, बिना हैटका, नंगे सिर ।

hatred n. जुगुप्सा, घृणा, द्वेष, द्रोह, नफ़रत ।

hatted a. टोपी-धारी, हैटवाला ।

hatter n. हैट-निर्माता, हैट-शिल्पी; हैट-विक्रेता (जैसे, *as mad as a ~*) ।

hatteria n. त्रिनेत्र, हैटीरिया (न्यूज़ीलैण्डकी एक छिपकली) ।

hauberk n. वर्म, कवच, जिरह-बख्तर ।

haugh n. चौरस कछारी भूमि ।

haughtiness n. मान, अभिमान, दर्प, गर्व, मद, दम्भ, अहंकार, औद्धत्य, प्रागल्भ्य, घमण्ड ।

haughty a. उद्धत, मदोद्धत, अभिमानी, मानी, गर्वित, दम्भी, दृप्त, अहंकारी; गौरवान्वित, शानदार ।

haul[1] n. कर्षवहन, परिवहण; प्राप्ति, लाभ ।

haul[2] v.t. & i. घसीटना, कर्षण, खींचना, तानना; जलयानके मार्गको बदलना, दिशामें परिवर्तन होना; घसीटना; *~ round* or *off* गन्तव्य स्थानकी ओरसे जलपोतका मार्ग बदल देना; *~ the wind* हवाके रुख मोड़ना; *~ up* खींचने या तानेके पश्चात् पूर्व स्थिति-पर आना या लाना; *~ upon the wind* वायुकी दिशामें जलपोतको कर देना ।

haulage n. कर्षण, आकर्ष, खिंचाव, खिंचाई ।

hauler n. वातानुकूल पोत-चालक, वायुके अनुसार जहाज चलानेवाला ।

haulier n. कर्षवाहक, खींचकर ले जानेवाला; कोयलेकी खानोंमें टब खींचनेवाला; किरायेपर ढोनेवाला गाड़ीवान ।

ha(u)lm n. तना, डण्ठल ।

haunch n. नितम्बप्रदेश, जंघा, रान, पुट्ठा, चूतड़, कूल्हा; हरिण आदिकी टाँग और रान जो खायी जाती है; महराबका केन्द्रीय भाग, स्तम्भका मध्य भाग ।

haunt[1] n. स्थान, आश्रय, बसेरा, अखाड़ा, अड्डा, पशुओंकी चरही या चन्नी; गोप्यस्थान, बदमाशोंका अड्डा; ⊙ भूत, प्रेत ।

haunt[2] v.t. & i. बारम्बार भेंट करना, संग-साथ रखना, प्रायः मिलना-जुलना, (विचारोंका) बार-बार स्मृतिमें आना, भूत आना; उपसृष्ट करना, छाना, मँडराना ।

haunted a. (p.p.) भूतोपसृष्ट, प्रेतयुक्त, पिशाच-सेवित ।

haunter n. बार-बार आनेवाला ।

hauriant a. उल्लम्बित, उत्थित, ऊपरकी ओर लम्बाकार स्थितिमें (विशे० मछलियाँ) ।

Hausfru n. गृहिणी, गृह-स्वामिनी, घरैतिन, मालकिन ।

hautboy, hoboy, oboe nn. अरगन बजानेका पर्दा, शहनाई, नफीरी; झरबेरके पौधेकी एक बड़ी जाति ।

hauteur n. मान, अभिमान, दर्प, गर्व, मद, अहंकार, औद्धत्य, प्रागल्भ्य, घमण्ड ।

Havana n. हवाना-सिगरेट; क्यूबाकी सिगरेट ।

have[1] n. छल, कपट; धोखा; (pl.) धनी ।

have[2]* v.t. & i. & auxil. होना, पास होना, रखना*, (जैसे, *I ~ two shoes*); पाना, लेना ⊙ (जैसे, *I had that pressure*); दुःखका अनुभव करना (जैसे, *I had a toothache*); आज्ञा देना (जैसे, *I will not ~ you say such things*); जानना, ज्ञान होना (जैसे, *he has no Greek*); भारग्रस्त होना (जैसे, *I had my work to do*), बाध्य होना, विवश होना (जैसे, *I had to do my work*); धारण करना, ध्यानमें रखना (जैसे, *~ this in mind*); मानना, समझना (जैसे, *~ no doubt*); गुण प्रकट करना (जैसे, *~ the impudence to say*); व्यस्त करते चलना, भिड़े रहना (जैसे, *had some conversation, had a game*); समर्थन करना, स्वीकार करना (जैसे, *he will ~ it that*); अभिव्यक्त करना, प्रकट करना (जैसे, *as Plato has it*); प्राप्त करना, पाना, मिलना (जैसे, *we had news*); ग्रहण कर लेना, खाना (जैसे, *~ an egg*); *had better go* चला जाना अच्छा; *had rather go* चले जाना अधिक पसन्द करना; *~ after* पीछा करना; *~ at* आक्रमण करना; *~ away* हटाना; *~ him up* उसे न्यायालयमें उपस्थित करो; *~ it out* निर्णय करना, निपटना, वाद-विवाद करके झगड़ा तोड़ना; दाँत निकलवाना; *~ it your own way* तुम जीते मैं हारा; तुम जानो, तुम्हारा काम जाने, अच्छा, जो तुम कहते हो वही सही; *~ nothing on (person)* कोई लाभ न होना; कुछ हाथ न लगना; *~ on* वस्त्र धारण करना; *~ to go* ⊙ जानेकी तकलीफ उठाना; *he has had it* (आ०) उसके साथ प्राणघातक दुर्घटना घटी है; *I had him there* मैंने उसे चित कर दिया; *I ~, had, shall ~, packed* मेरा पुलिन्दा तैयार था या तैयार रहेगा; *let him ~ it* खूब डाँटो, उसकी लम्बी खबर लो; *the Ayes ~ it* (मतदाता) 'हाँ' वाले बहुमतमें हैं; *you ~ been had* (आ०) तुमको धोखा दिया गया है ।

havelock n. श्वेत टोपी-छादन, टोपीका सफेद बाहरी अस्तर ।

haven n. प्राकृतिक पत्तन, बन्दर, बन्दरगाह; (प्रायः *~ of rest*) आश्रय, शरण, सहारा ।

have-not n. (बोल०) दरिद्र, निर्धन ।

haver[1] n. (प्रायः pl.) मूर्खतापूर्ण वार्तालाप, बकवास ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

haver[2] v. i. मूर्खतापूर्ण बातें करना, बेवकूफीसे बोलना; तर्कहीन ढंगसे बोलना, बेतुकी बातें करना; संकोच करना, शंकालु होना।

haversack n. झोला, सिपाहीका रसद रखनेका मजबूत थैला, खुर्जी।

havildar n. हवलदार।

having n. धन, सम्पत्ति, जायदाद; सामग्री, सामान, माल, असबाब; अधिकार, स्वत्व, वश।

havoc[1] n. विनाश, विध्वंस, सर्वनाश, संक्षय, संहार, महाप्रलय, महाविप्लव, तबाही (जैसे, *make ~ of, play ~ among*)।

havoc[2] v.t. विनष्ट करना, विध्वस्त करना, सर्वनाश करना, महाप्रलय करना, उजाड़ना, तबाही मचाना; *cry ~* सेनाको लूट-पाटकी आज्ञा देना।

haw[1] n. वन्यपाटल फल; घेरा, बाड़ा, झाड़ियोंकी टट्टी; ~buck भड़ुआ, असभ्य व्यक्ति, देहाती, गँवार; ~finch मुखर चटक।

haw[2] n. नेत्रके भीतर कोनेमें एक छोटी-सी हड्डी; घोड़े, कुत्ते आदिके, आँखकी तीसरी पलक।

haw-haw[1] n. (डालोंके बीचकी) बाड़।

haw-haw[2] n. अट्टहास, हा-हा, भयानक हँसी।

haw-haw[3] v.i. अट्टहास करना, कहकहा लगाना।

hawk[1] n. श्येनक, श्येन, शिकरा, बाज; उत्पीड़क, अत्याचारी, डाकू, लुटेरा; ~ cuckoo चातक; ~-eyed सूक्ष्मदृष्टि, सूक्ष्म द्रष्टा; ~-moth एक प्रकारका उड़नेवाला कीड़ा; ~-nosed शुकनासा, ऊँची तथा नुकीली नाकवाला; *know a ~ from a handsaw* थोड़ा विवेक होना;

~-beaked, ~-bell, ~ bill, ~-billed, ~-eagle, ~-faced, ~-fly, ~-headed, ~-owl, ~'s-beard, ~'s-bill, ~'s-bill bramble, ~'s bill turtle, ~weed.

hawk[2] n. रूसा, पलस्तर करनेवालेकी एक हत्थेदार और वर्गाकार थापी।

hawk[3] v. i. & t. बाजसे शिकार करना।

hawk[4] v.t. फेरी लगाना, चिल्ला-चिल्लाकर बेचना।

hawk[5] v. i. & t. खखारना, खाँसकर गला साफ करना; बलगम निकालना।

hawker n. फेरीवाला; श्येनपालक।

hawkish, hawklike aa. श्येनवत्, श्येन-सदृश, बाज-जैसा।

hawse n. जहाजके अगले सिरेका भाग जिसमें रस्सों या तारोंके लिए छेद बने होते हैं; लंगर डाले जहाजोंके अगले रस्सोंकी स्थिति।

hawser n. (नौवि०) लोहेका बड़ा रस्सा, लोहेका मोटा तार।

hawthorn n. श्वेतकण्ट, एक काँटेदार झाड़ी जिसके फूल सफेद, लाल या गुलाबी होते हैं और फल छोटे और गहरे लाल होते हैं; दे० HAW[1]।

hay[1] n. शुष्क घास, सूखी घास; ~box सूखी घास भरा सन्दूक; बक्स जिसमें भोजन पकनेको छोड़ देते हैं; ~cock सूखी घासका शुण्डाकार टाल, गंज; ~-fever घासज्वर, श्वासकष्ट सहित एक ज्वर जो गर्मीमें धूल आदिसे हो जाता है; ~-fork (घासके उलटने-पलटने या लादनेका) पाँचा; ~ing time ⊙ घास बनानेका मौसम; ~maker घासको फैलाने, हिलाने और सुखानेका औजार; (ग्रा०) घोर प्रहार; ~mow, ~rick, ~-seed असभ्य, अशिक्षित, ग्रामीण, गँवार ⊙; ~stack ⊙ घासका ढेर, टाल, गोला; ~wire उलझी हुई वस्तु ⊙; *go ~wire* विरक्त होना, उत्तेजित होना; *make ~ of* व्यग्र कर देना, घबड़ा देना, गड़बड़ करना; *make ~ while the sun shines* अवसर न चूकना; बहती गंगामें हाथ धो लेना;

~ bacillus, ~ band, ~ barn, ~ bird, ~ cart, ~-coloured, ~-field, ~-grower, ~ harvest, ~-knife, ~ loader, ~ loft, ~making, ~ market, ~ press, ~ rack, ~ rake, ~-scented, ~ scented fern, ~time.

hay[2] v.t. & i. सुखानेके लिए घास फैलाना तथा उलटना-पलटना।

hazard n. आपद्, संकट; संशय, खतरा; दैवगति, संयोग, दैवयोग, घटना; पासेका एक खेल (*losing ~, winning ~*); (टेनिस) जीतके पश्चात् खेलका आरम्भ; (गॉफ) किसी प्रकारका खराब मैदान (जिसमें गड्ढे इत्यादि हों); *at all ~s* हर प्रकारके खतरोंमें, सभी जोखिमोंमें।

hazard[2] v.t. संकटमें डालना, आपत्ति या खतरेमें फँसाना, जोखिममें पड़ना, जोखिम उठाना; दिल कड़ा करके कोई बात कहना।

hazardous a. संगटमय, संकटास्पद; संशयाक्रान्त, आपदापन्न, संकटापन्न; दैवायत्त, दैवाधीन; जोखिमी, जोखिमका, खतरनाक।

hazardousness n. सशंकता, संकटापन्नता; दैवाधीनता।

haze[1] n. कुज्झटिका, धूमिका, कुही, धुन्ध, कुहासा, हलका कुहरा; (ला०) मानसिक व्यग्रता, विह्वलता, चित्तकी निराशा।

haze[2] v.t. धुँधला करना, धुन्ध करना।

haze[3] v.t. तंग करना, परेशान करना ⊙; कष्ट देना, कार्य द्वारा कचूमर निकालना।

hazel n. (*~nut* भी) पिंगल फल; एक प्रकारकी झाड़ी (*~-wort*); इसकी लकड़ीसे बनी छड़ी; आँखोंका ईषत्कपिश वर्ण।

haziness n. अस्पष्टता, अव्यक्तता, धुँधलापन, कुहरीलापन।

hazy a. अस्पष्ट, अव्यक्त, सन्दिग्ध; धूमिल, धुँधला, कुहरीला; थोड़ी शराब पिये हुए।

he[1] pron. वह, उसने (पुल्लिंग); पशुओंकी विशेषताका द्योतक (जैसे, *~-goat* बकरा आदि); ~-man ⊙ बलशाली व्यक्ति, उस्ताद, मरदाना, दबंग।

he[2] int. (उपहास द्योतक) हा ही, हा हा, अहा हा हा!

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

hideousness n. विकरालता, करालता, उग्रता, भीषणता, भयंकरता, घोरता; नृशंसता; बीभत्सता, घिनौनापन।

hider n. गोप्ता, छिपानेवाला।

hiding[1] n. कोड़ेकी मार।

hiding[2] n. गोपन, प्रच्छादन, छिपाव, दुराव, लुकाव; ~-place निभृतस्थान, गुप्ति, छिपनेकी जगह; *be in* ~ छिपे रहना, लुके रहना।

hidrosis n. अतिस्वेदन, अति-प्रस्वेदन, अधिक पसीना निकलना।

hidrotic a. अतिस्वेदकर, अतिप्रस्वेदक, अधिक पसीना देनेवाला।

hie v.i. (का०) शीघ्र जाना, दौड़कर जाना।

hiemal a. शरत्, शारदीय, शीतकालीन, जाड़ेका।

hierarch n. धर्मपति, महाचार्य, धर्मशासक, धर्माध्यक्ष, मुख्य पुरोहित, गुरुवर; पुरोहितेश्वर, प्रधान पादरी।

hierarchic, -al aa. देवदूतीय, पुरोहित-शासन-सम्बन्धी; श्रेणियोंमें विभक्त संस्था-जैसा।

hierarchism n. पुरोहित-राजवाद, धर्मतन्त्रवाद।

hierarchy n. स्वर्गदूत, देवदूत; स्वर्गदूतोंकी तीन श्रेणियोंमेंसे प्रत्येक श्रेणी; धर्मसत्ता, धर्मशासन, पुरोहित-राज्य, पुरोहिताई, महन्त शाही; श्रेणियोंमें विभक्त कोई संस्था।

hieratic a. पुरोहितोंका, पुरोहितोपयुक्त, पादरियोंसे सम्बन्धित।

hierocracy n. धर्मतन्त्र, पुरोहितराज्य।

hieroglyph n. गूढ़ाक्षर, बीजाक्षर, चित्राक्षर; रहस्यमय चिह्न, चित्रलेख; दुर्बोध लिपि, दुरूह लेख।

hieroglyphic, -al aa. गूढ़ाक्षर सम्बन्धी, चित्र-लेखीय, सांकेतिक चित्रलेखमें लिखित।

hieroglyphics n. चित्रलेख-शास्त्र, बीजाक्षर विद्या।

hieroglyphist n. चित्रलिपि-विशारद, चित्रलेखविज्ञ।

hierogram n. पवित्र शिलालेख, पवित्र चिह्न, पवित्र संकेत।

hierogrammatic a. पवित्राक्षरीय; पवित्रलिपि-बद्ध, पवित्र अक्षरोंमें लिखित।

hierogrammatist n. पवित्रलिपि-लेखक, पवित्र अक्षरोंमें लिखनेवाला या व्याख्याता।

hierograph n. = HIEROGRAM.

hierographer n. पवित्र शिलालेखी, धर्मलेखक।

hierographic, -al aa. धर्मलेखीय।

hierography n. धर्मवृत्त, पवित्र वस्तुओंका वृत्तान्त।

hierolatry n. साधु-पूजा, पुरोहित-पूजा, पादरियोंका पूजन।

hierological a. धर्म-साहित्य-विषयक, धार्मिक साहित्यका।

hierologist n. धर्म-साहित्यविद्।

hierology n. धार्मिक साहित्य।

hieromancy n. यज्ञज्योतिष, यज्ञसे शकुनविचार।

hierophant n. धर्माचार्य, पुरोहित, दीक्षागुरु; धार्मिक रहस्योंका व्याख्याता।

hierophantic a. दीक्षागुरु-सम्बन्धी; धार्मिक रहस्योंकी व्याख्या करनेवाले व्यक्तिसे सम्बन्धित।

hieroscopy n. = HIEROMANCY.

higgle v. i. मूल्य तय करना, मोलभाव करना, भाव-तावमें किट-किट करना।

higgledy-piggledy[1] n. अस्तव्यस्तता, गोलमाल; गड़बड़ी।

higgledy-piggledy[2] a. & adv. अस्तव्यस्त, गोलमाल, गड़बड़, हड़बड़ीमें।

higgler n. मोल-तोल करनेवाला, भाव-ताव करनेवाला।

higgling[1] n. मोल-तोल।

higgling[2] a. मोल-तोल करनेवाला।

high[1] n. उच्च स्थान, उदग्र स्थल, उन्नत स्थान, ऊँची जगह।

high[2]* a. उत्तुंग, उच्च*, उदग्र, उन्नत, ऊँचा*, बुलन्द, ऊपर (जैसे, *a ~ hill, one inch ~*); उत्कृष्ट, उत्तम, श्रेष्ठ; महान्; प्रबल, तीव्र, भारी; अत्यधिक, अधिक (जैसे, *~ temperature, it is ~ time to go*); अतिप्राचीन, दूरतम; दृढ़, पक्का, कट्टर (जैसे, *a ~ Tory*); प्रधान, उच्च, प्रमुख (जैसे, *H~ Admiral, Chancellor*); = MAXIMUM; ~ altar प्रमुख यज्ञ-वेदी, प्रधान वेदी; ~ball⊙ (लम्बे गिलासमें दी गयी) मदिरा और सोडा-ह्विस्की; ~-blower नथुने फुलाकर जोरसे साँस लेनेवाला घोड़ा; ~-born अभिजात, सम्भ्रान्त, कुलीन, सुजात; ~brow केवल बौद्धिक अथवा सांस्कृतिक दृष्टिसे विचार करनेवाला (व्यक्ति); H~ Church पुरोहित, धार्मिक संस्कार आदिको प्रमुख स्थान देनेवाला (दल या सिद्धान्त); ~ colour अति रंजन, उज्ज्वल वर्ण, (मुखकी) अरुणिमा, ललाई, दमक; ~(er) command उच्चाधिकारी, मुख्य बलाधिकृत, प्रधान सेनापति; H~ Court उच्चन्यायालय; ~ day पर्व दिवस, अवकाशका दिन; ~ faluting, ~ falutin शब्दाडम्बरपूर्ण (वाक्य); ~-feeding विलासपूर्ण; ~flown अपव्ययी, आडम्बरपूर्ण; ~flyer, -flier ~flying (ला०) महत्वाकांक्षी (व्यक्ति), लालसी; ~frequency उच्च बारम्बारता; ~-handed स्वैरी, स्वेच्छाचारी, उद्दण्ड, उच्छृंखल, उद्धत, अत्याचारपूर्ण, मनमाना;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~-handedness स्वैरिता, उद्दण्डता, उद्धतता, धाँधली; ~-hat ⊙ ऊँचे व्यक्तित्वका व्यक्ति; ~-hearted निर्भीकहृदय, साहसिक, दिलेर; ~-jacker = HIGHwayman; ~ jinks दे० JINK; ~lander पर्वतीय देशवासी, पहाड़ी, (विशे०) स्काटलैण्ड-निवासी; ~lands पहाड़ी प्रदेश, (विशे०) स्काटलैण्ड; ~ latitude (विषुवत रेखासे दूरस्थ) अक्षांश रेखा; ~ life उच्च जीवन, रईसी रहन-सहन; ~ light प्रकाशमय भाग; ~lows (प्रा०) एड़ीतकका बूट या जूता; ~mass दे० MASS[1]; ~-minded महात्मा, मनस्वी, महाशय, महोदय, उदारचेता; (प्रा०) दम्भी, अभिमानी, घमण्डी (जैसे, *Lord, I am not ~-minded*); ~-mindedness मनस्विता, महाशयत्व; ~-pitched (छत आदि) ढालू; (ला०) महामनस्क, उदारचेता, उच्चचरित्र; (ध्वनि) तीक्ष्ण, तीखा, कर्कश; ~ priest प्रधान पादड़ी, पुरोहित; ~ road घण्टापथ, महापथ, राजमार्ग, प्रधान सड़क; ~ seas दे० SEA; ~speed centrifuge द्रुतभ्रमी, अपकेन्द्रित्र; ~-spirit(ed) निर्भीक, तेजस्वी, साहसिक, उत्साही व्यक्ति, दिलेर आदमी; ~ spirits प्रमुदित जन, उल्लसित पुरुष; ~ slapper चलनेमें या दुलकीमें अपनी टाँगोंको ऊँचा उठानेवाला घोड़ा; ~ street महावीथि, प्रधान नगरपथ; ~-strung तेजस्वी; अभिमानी, अतिशक्तिशाली; ~ table उच्चपटल, (कालेजकी समितिके सदस्योंके भोजनकी ऊँची मेज); ~ tea वह चाय जिसके साथ मांस भी दिया जाय; ~ tide दे० TIDE; ~-toned ⊙ = OVER; ~ water जलकी सर्वोच्च अवस्था; ~-water mark उच्चजलचिह्न, जलकी उच्चतम सीमाका चिह्न; ~way राजपथ, राजमार्ग, जनपथ, सार्वजनिक सड़क (प्रायः *the king's ~way*); स्थल या जलका प्रमुख मार्ग; (ला०, कार्य आदिका) सरल साधन, सबसे सीधा मार्ग; ~wayman पारिपन्थिक, डाकू, लुटेरा, बटमार; ~ wind उच्चदाब वायु; ~-wing दे० WING; ~ words क्रोधपूर्ण शब्द; *a ~ opinion of* उदार-विचार, कृपालु विचार, श्लाघापूर्ण धारणा; *~ and low* सर्वत्र, सब जगह, सबलोग, सभी श्रेणीके (विशे० *search ~ and low*); *~ and mighty* गर्वित, उद्धत, उद्दण्ड; *~ priori road* अन्तर्ज्ञान; *how is that far ~ !* (ग्रा०) अरे ! यह कितना ऊँचा है; *on ~* आकाशमें, उच्च-स्थानपर; *on the ~ ropes* (बोल०) उत्फुल्ल, प्रफुल्ल, उल्लसित, मगन; क्रुद्ध, कुपित; अवहेलनापूर्ण, तिरस्कारयुक्त; *run ~* (सागरका) उद्वेलित होना, उमड़ना; (ला०) ऊँची-नीची भाव-तरंगें आना; *the ~* (बोल०) नगरका प्रमुख राजपथ; *the most ~* ईश्वर, परमेश्वर; *with a ~ hand* जबरदस्ती, धाँधलीसे;

~ academic qualifications, ~ acidity, ~ altitude fighter, ~ altitudes, ~ antiquity, ~-arched, ~ authorities, ~ back, ~-backed, ~-blooded, ~ blood pressure, ~-boned, ~-breasted, ~-bred, ~-built, ~ calibre, ~ caste, ~-ceilinged, ~ civil authorities, ~ class, ~ climber, ~ cohesion, ~-collared, ~-coloured, ~ commissioner, ~-complexioned, ~ contracting parties, ~-crested, ~-crowned, ~-cut, ~ dam, ~ diligence, ~ duty area, ~ embankment, ~ exchange, ~-flavoured, ~ flood, ~ flood level, ~-flushed, ~ functionary, ~ grade, ~ head, ~-headed, ~ head plant, ~-heaped, ~-hung, ~ intensity, ~ interest, ~-keyed, ~ land, ~ land plain, ~-level conference, ~ level station, ~ mettled, ~-motived, ~ mountain features, ~-mounted, ~-necked, ~ officials, ~ pass, ~-peaked, ~ percentage, ~ personages, ~-placed, ~-pooped, ~ potential, ~ power, ~-powered, ~ pressure, ~-pressure area, ~-pressure system (of heating), ~-priced, ~-principled, ~ priority, ~-prized, ~-raised, ~-reaching, ~-reared, ~ relief, ~ retentive capacity, ~-roofed, ~ school, ~-seasoned, ~-seated, ~ shade, ~-sided, ~-sided truck, ~-souled, ~ specific gravity, ~ speed, ~-speed diesel oil, ~-speed steel, ~-speed tool steel, ~ steppage gate, ~-stepper, ~ stumps, ~ table, ~ temperature, ~-temperature furnace, ~ temperature thermometer, ~-tempered, ~ tension, ~ tension cable, ~ tension installations, ~ tension side, ~ tide, ~ tide mark, ~ treason, ~ vacuum, ~ vacuum pump, ~ value stamps, ~ velocity, ~-waisted, ~-water line, ~-water mark.

highest a. उच्चतम, सर्वोच्च।

highness n. एक पदवी, महाराज (जैसे *His, Her, Royal, Serene, Imperial ~*); उदग्रता, उच्चता, तुंगता, ऊँचाई (जैसे, *the ~ of his character*)।

hight (p.p. प्रायः काव्य०, ह्रास०) अभिहित, उल्लिखित, आहूत, नामधारी।

highten v.t. उन्नत करना, ऊँचा करना, तीव्र करना, बढ़ाना।

hijacker n. ⊙ मदिराके अवैधानिक व्यवसाइयोंको धमकाकर लाभ उठानेवाला व्यक्ति, ठग।

hike[1] n. (मनोरंजन या व्यायामके लिए) लम्बी पदयात्रा।

hike[2] v.t. & i. (मनोरंजन या व्यायामके लिए) लम्बी पदयात्रा करना; अति परिश्रमके साथ चलना, बहुत तेजी के साथ चलना; धक्का देना, ऊपर उठाना, चलनेके लिए

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

बल देना।

hiker n. (मनोरंजन या व्यायामके लिए) दीर्घ पद-यात्रा करनेवाला।

hilar a. (वन०) वृन्तकीय, वृन्तयवीय, बीजनाभि-सम्बन्धी ।

hilarious a. प्रफुल्ल, प्रमुदित, प्रसन्न, उल्लासमय, आह्लादपूर्ण, उल्लसित, आनन्दपूर्ण, हृष्टचित्त, आह्लादित, मगन, खुश।

hilariousness, hilarity nn. प्रफुल्लता, प्रमोद, प्रसन्नता, उल्लास, आनन्द, हर्ष, आह्लाद, मगनपना, दिल्लगी।

Hilary n. (जनवरीसे आरम्भ होनेवाला) वैधानिक या विश्वविद्यालीय सत्र।

hill[1] n. पर्वतक, क्षुद्र पर्वत, पहाड़ी; टीला, ढूहा, ढेर (जैसे, *ant-~*, *dung-~*); *~-folk*, *~-men* पर्वत वासी, पहाड़ी लोग; the *~s* स्वास्थ्यवर्द्धक स्थान, ग्रीष्मावास; *high winds blow on high ~s* बड़ों-की बड़ी बातें; *up ~ and down dale* सबल एवं निरन्तर जोशके साथ और लगातार;

~ allowance, *~* fox, *~*-grassland *~*-land, *~*-nursery, *~* opium, *~* palm, *~*-partridge, *~* pasture, *~*-pigeon, *~* resort, *~*side, *~* slope, *~* state, *~* station, *~*-stream fisheries, *~*top, *~* torrent, *~* tract, *~* tribe, *~*-warbler.

hill[2] v.t. पहाड़ी बनाना; पौधेके चारों ओर मिट्टीका ढूह उठाकर थाला बनाना।

hilliness n. पर्वतमयता, पहाड़ीपन।

hillo, -loa intr. (दूरसम्बोधन या आश्चर्यद्योतक) ओ हो !

hillock n. पहाड़ी, छोटी पहाड़ी, टेकरी, टीला।

hilly a. पर्वतमय, पर्वतीय, पहाड़ी, टीलेदार, ढूहवाला।

hilt[1] n. खड्गमुष्टि, तलवारकी मुठिया, मूठ, छुरीका हत्था; (*prove* etc.) *up to the ~* पूर्णतया सिद्ध कर देना।

hilt[2] v.t. मूठ लगाना, हत्था लगाना।

hilted a. सहस्तक, खड्गमुष्टि-युक्त, मुठियादार, हत्थेदार।

hilum n. (वन०) वृन्तक, वृन्तयु, बीजनाभि।

him pron. (पुंलिं०) उसे, उसको, इसे, इसको।

himself pron. स्वयं, अपने-आप, आप ही, अपने तईं (जैसे, *he did it ~*); *he is not ~* इसका मस्तिष्क ठिकाने नहीं है, इसकी तबीयत ठिकाने नहीं है।

hind[1] n. (तीन वर्षकी रक्तवर्णा) कुरंगी, एणी, मृगी, हरिणी, हिरनी।

hind[2] n. कृषिसेवक, सिरवार, खेतका नौकर; प्रबन्धक, कारिन्दा, दीवान; असभ्य, अशिक्षित, देहाती, गँवार।

hind[3] a. पृष्ठभागीय, पिछला।

hindberry n. जंगली रसभरी, मकोय।

hinder[1] a. दे० HIND[3].

hinder[2] v.t. अवरुद्ध करना, प्रतिरोध करना, विघ्न डालना, बाधा पहुँचाना, अड़चन डालना, अटकाना, रोकना; प्रतिबन्ध लगाना, प्रतिषेध करना, निवारण करना।

hinderance n. = HINDRANCE.

hinderer n. अवरोधक, प्रतिरोधक, विघ्न पहुँचानेवाला, प्रतिबन्धक, प्रतिषेधक।

hindmost n. दूरतम, अन्तिम, सर्वपश्चाद्वर्ती, सबसे अधिक दूर, सबसे पिछला।

hindrance n. अवरोध, प्रतिरोध, अन्तराय, व्याघात, प्रत्यूह; प्रतिषेध, निषेध, प्रतिबन्ध, विघ्न, बाधा, अड़चन, रुकावट, रोक।

Hinduize, Hindooize v.t. हिन्दू बना देना।

hinge[1] n. द्वारसन्धि, संधला, कब्जा, चूल; कोर, कब्जे-का काम देनेवाला प्राकृतिक सन्धिस्थल; केन्द्र, मूल, जड़; सिद्धान्त; *off the ~s* विपर्यस्त, अस्तव्यस्त, व्याकुल, व्यग्र;

~ joint, *~* ligament, *~* line, *~* teeth.

hinge[2] v.t. & i. चूल या कब्जेके ऊपर रहना; (ला०) (सिद्धान्त आदिपर) निर्भर होना, टिकना; टिकाना।

hinged a. कब्जेदार, अटका हुआ।

hingeless a. बिना कब्जेका।

hinny[1] n. अश्वतरी, खच्चर।

hinny[2], **-nie** दे० HONEY.

hint[1] n. इंगित, संकेत, सूचना, सुझाव, भनक, इशारा; *a ~ is sufficient for the wise* अक्लमन्दको इशारा काफी।

hint[2] v.t. इंगित करना, संकेत करना, सूचना देना, भनक देना, इशारा करना।

hinterland n. अन्तर्देश, तटसे दूरका प्रदेश।

hip[1] n. श्रोणि, नितम्ब, रमणफलक, कट, कटिप्रदेश, कूल्हा, पुट्ठा, चूतड़, पेंदा; *~*-bath कटिस्नान; *~*-pocket पायजामामें पीछे लगी हुई जेब या पाकेट; *have* (person) *on the ~* (किसी व्यक्तिको) अधि-कारमें लेना, दबाना; *smite ~ and thigh* निर्दयतासे पीटना, खूब ठोंकना, कचूमर निकाल लेना;

~ bone, *~* girdle, *~* joint.

hip[2], **hep** n. गुलाबका फल, एक कँटीली झाड़ीका फल, जवाकुसुमका फल।

hip[3], **hyp** n. खिन्नता, दुःख, विषाद, ग्लानि।

hip[4] v.t. खिन्न करना, दुःखी करना, विषण्ण करना, ग्लानिमें डालना।

hip[5] intr. (समवेत हर्षसूचक) जय ! जय ! विजय !

hipped a. नितम्बीय, कूल्हेका।

hippic a. अश्वीय, (अश्व-सम्बन्धी) घोड़ेका।

hippish a. पीड़ामय-सा, क्लेश-युक्त-सा, दुःखी-सा, खिन्न।

hippo n. HIPPOPOTAMUS का संक्षेप।

hippocampus n. (pl. *-si*) एक प्रकारका समुद्री घोड़ा, एक प्रकारकी मछली; *~* major, minor

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(श० र० शा०) गन्धवक्र, श्वेतवक्र, बड़ी उपधानिका, लघु उपधानिका, मस्तिष्ककी प्रत्येक पार्श्वीय गुहाके तलके उन्नतांश।

hippocentaur n. = CENTAUR.

hippocras n. मसालेदार शराब।

hippocrepian a. अश्व-शफाकृति, अश्व-खुराकार, घोड़ेके खुर जैसा।

hippodrome n. (यूनानी और रोम कथा) रथधावन-मार्ग, रथकी दौड़ प्रतियोगिताका मार्ग; सरकस या उसका मैदान; H~ विभिन्न प्रदर्शनीय नाट्योंके लिए रंगशाला।

hippogriph, -gryph n. चीलघोड़ा, एक कल्पित प्राणी जिसके सर और पर चीलकी तरह और शरीर घोड़ेकी तरह होते हैं।

hippology n. वाजि-शास्त्र, अश्व-शास्त्र।

hippopathology n. पशु-भेषज-शास्त्र, पशु-वैद्यकी।

hippophagous a. अश्वमांस-सेवी, अश्व-मांस-जीवी, घोड़ेके मांसपर जिन्दा रहनेवाला।

hippophagy n. अश्वमांस-भक्षण।

hippophile n. अश्व-प्रेमी, घोड़ोंका शौकीन।

hippopotamus n. अफ्रीकी दरियाई घोड़ा।

hippuric a. अश्वमूत्र-जन्य, अश्वमूत्रोत्पन्न, अश्वमूत्र-प्राप्त, घोड़ेके मूतसे मिला हुआ।

hippy a. अण्डपोषणेच्छु, अण्डे सेनेका इच्छुक; एकान्त विचारेच्छु, एकान्तमें सोनेका इच्छुक।

hirable a. अवक्रयणीय, भाड़ेपर लेने योग्य, किरायेपर लेने योग्य।

hircine a. अजसदृश, बकरे जैसा, बकरेकी भाँति।

hircinous a. अजागन्धी, बकरीकी-सी गन्ध देनेवाला।

hire[1] n. (ला०) पुरस्कार, पारितोषिक, इनाम; भाटक, भाड़ा, किराया; पारिश्रमिक, मजदूरी, मिहनत, मजूरी वगैरा; भाड़े या मजदूरीपर रखना या लगाना; ~-purchase, ~ system किस्ती खरीद, किराया देनेकी वह प्रथा जिसमें निश्चित वार किराया देनेसे वस्तु किरायेदारकी हो जाती है; *on* ~ खाली, किरायेपर दिये जानेके लिए।

hire[2] v.t. किरायेपर लेना; मजदूरीपर रखना, मिहनताना देकर लगाना।

hired a. वेतन या पारिश्रमिकपर मँगाया गया; ~ man ⊙ कर्मी, श्रमिक, मजदूर।

hireless n. बिना किरायेके, मुफ्त।

hireling n. परिचारक, भृत्य, सेवक, श्रमिक, कमेरा, मजदूर, भाड़ेका टट्टू, किरायेका टट्टू।

hirer n. अवक्रेता, भाड़ेपर लेनेवाला, किरायेदार।

hiring ⊙ n. किराये इत्यादिकी वचन-बद्धता।

hirsel[1] n. मेष-समुदाय, भेड़ोंका झुण्ड; समुदाय, समूह, झुण्ड; भेड़ोंका मैदान।

hirsel[2] v.t. समूहोंमें विभाजित करना, झुण्डोंमें बाँटना।

hirsute a. असम, अस्त-व्यस्त, क्रमविहीन, बिखरा हुआ; उजड्ड, अक्खड़; लोमश, झबरा, बालदार।

hirsuteness n. असमता, अस्तव्यस्तता, क्रमविहीनता; लोमशता, झबरापन, बालदार होना।

hirsutism n. अतिलोमशता, अत्यन्त झबरापन, बहुत बाल उगना।

hirundine a. भाण्डीकवत्, भाण्डीक-सदृश, अबाबील नामक पक्षीके समान।

his pron. & a. (पुलिं०) इसका, उसका, उसकी, उसके; H~ Excellency महामहिम; H~ Majesty महाधिराज, महामान्य।

hispid a. लोमश, झबरा, बिखरे बालवाला।

hiss[1] n. फूत्कार, सीत्कार, फुफकार, सिसकारी, छनछन, (विशेष, अस्वीकृति या उपहासका चिह्न) हिश्।

hiss[2] v. i. & t. फूत्कार करना, सीत्कार करना, फुफकारना, सिसकारना, छनछनाना; अस्वीकृति प्रकट करना, क्रोधमें दाँत पीसते हुए कहना; ~ *off, away, down* सिसियाकर निकाल बाहर करना, 'सी-सी'का शब्द करके धिक्कारना।

hist intr. चुप रहो, हैत्, हश्, हिस्।

histic a. तन्तु-सम्बन्धी।

histogenesis n. (वन०) तन्तु-निर्माण, तन्तुजनन, तन्तुरचना, ऊति-गठन।

histogeny n. तन्तुजनन।

histogram n. आयतचित्र।

histological a. तन्तुशास्त्र-सम्बन्धी।

histologist n. तन्तुशास्त्रज्ञ।

histology n. संरचना, सूक्ष्म ऊतक तत्त्व, तन्तुशास्त्र, रचना-शास्त्र।

historian n. इतिहासकार, इतिहास-लेखक, इतिहा-विज्ञ।

historiated a. प्रकृति-पदार्थालंकृत, नैसर्गिक पदार्थों द्वारा अलकृत।

historic a. ऐतिहासिक, इतिहासप्रसिद्ध, इतिहासनुसार, इतिहासमें उल्लिखित; ~ infinitive निश्चयार्थक क्रिया; ~ present भूतकालद्योतक वर्तमानकालिक क्रिया; ~ tenses भूतकाल।

historical a. ऐतिहासिक, इतिहास-सम्बन्धी, इतिहास-विषयक (जैसे, ~ *evidence, principles*)।

historicity n. ऐतिहासिकता, प्रामाणिकता, सत्यता।

historicize v.t. ऐतिहासिक रूप देना, इतिहासप्रसिद्ध बनाना।

historiette n. कथा, लघु इतिवृत्त, छोटा इतिहास।

historiographer n. इतिवृत्त-लेखक, सरकारी इतिहास लेखक।

historiographic, -al aa. पुरावृत्तरचना-विषयक, इतिहासलेख-सम्बन्धी।

historiography n. पुरावृत्तरचना, इतिहास-लेख।

history* n. पुरावृत्त, इतिवृत्त, इतिहास*; वृत्तान्त, विवरण, कहानी; ऐतिहासिक नाटक; ~-sheet पूर्वापराध-पत्र, इतिवृत्त पत्रक; ~-sheeter पूर्वापराधी।

histrion n. अभिनेता, नाटकपात्र।

histrionic[1] n. (pl.) अभिनय, स्वाँग, अभिनय-कला; पाखण्ड, कपट, दम्भ, छल।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

histrionic[2] a. नाटकीय, अभिनेता-विषयक, नाटकपात्र-सम्बन्धी, अभिनय-विषयक; पाखण्डी, कपटी, दम्भी, छली।

histrionicism, histrionism nn. पाखण्ड, कपट, दम्भ, छल; अभिनय, नाटकीयता, नाट्यत्व।

hit[1] n. प्रहार, आघात, वार, मार, चोट; सफल प्रयत्न; भाग्य, संयोग, दैव-फल।

hit[2] v.t. & i. वार करना, प्रहार करना, आघात पहुँचाना, मारना, चोट पहुँचाना; टक्कर खाना, भिड़ना; hard ~ हार्दिक आघात, गहरा धक्का; ~ *below the belt* नियमविरुद्ध प्रहार करना; (ला०) बेईमानी करना, धोखेमें मारना; ~ *it off, with, together* एकमत होना, सहमत होना; ~ *it, ~ the (right) nail on the head* यथार्थको पा लेना, ठीक-ठीक अनुमान करना; ~ *off* अक्षरशः उतारना, हूबहू नकल करना; ~ *out* बेतहाशा मारना, वारपर वार करना, हिट लगाना; ~ *up* (क्रिकेट) रन बनाना; ~ *upon* पाना, हाथ आना, सूझ पड़ना।

hitch[1] n. धक्का, झटका; ग्रन्थि, गाँठ, फन्दा, (जैसे, *half* ~); प्रत्यूह, विघ्न, बाधा; संकोच, हिचक; विराम, रुकावट; ~-hike ⊙ (आने-जानेवाली मोटर-गाड़ियोंसे माँगकर) सवारी (करना)।

hitch[2] v.t. & i. धक्का खाना, झटकेके साथ हिलना; स्थानान्तरण करना, खिसकाना; ग्रन्थि डालना, गाँठ या फन्दा डालकर बाँधना या बँधना; खींच-तानकर (कहानी आदिमें) लाना; आबद्ध होना, विजड़ित होना, अटकना, उलझना; ~ *up* झटकेसे खिसकना या उठना।

hithe n. लघु प्राकृतिक पत्तन, घाट, छोटा प्राकृतिक बन्दरगाह।

hither[1] a. समीपतर, निकटतर; इस ओर।

hither[2] adv. इतः, इह, यहाँ, इधर; ~most समीपतम, निकटतम; ~side समीपतर भाग, निकटवाला हिस्सा; ~to एतत्कालपर्यन्त, अद्यावधि, अबतक, इस समयतक; ~ward (प्रा०) इस दिशामें, इस ओर; ~ *and thither* इतस्ततः, इधर-उधर, यहाँ-वहाँ; ~ *and yon* ⊙ = HITHER AND THITHER.

hive[1] n. करण्ड, छत्रक, मधुकोश, शहदका छत्ता; (ला०) दल, झुण्ड, पंचायत; मधुकोशवत् वस्तु, छत्ते-जैसी चीज।

hive[2] v.t. & i. मधुमक्खियोंको छत्तेमें रखना; (लोगोंको) आरामसे घरमें रखना; मधुकोशमें प्रवेश करना, छत्तेमें घुसना; इकट्ठा करना या होना, एक साथ जुटकर रहना।

hiver n. मधुमक्षिका-पालक, मधुमक्खी-पालक।

hives n. (pl.) शीतपित्त, पित्ती; आँतों (या टेँटुए)का प्रदाह।

ho int. हो! अरे!

hoar[1] n. पलितकेशता, बाल पकना; धवलता, शुभ्रता, श्वेतता।

hoar[2] a. पलितकेशी, श्वेतकेशी, पके बालोंवाला; वृद्ध, वृद्धा; पलित, सित, श्वेत, शुभ्र, धवल; ~ frost अवश्याय, तुषार, पाला, ओस; ~stone = LANDmark, प्राचीन-सीमास्तम्भ।

hoard[1] n. कोष, निधि, राशि, भण्डार, पुंज, संचय, अपसंग्रह, खजाना।

hoard[2] v.t. कोष-संग्रह करना, निधि-संग्रह करना, राशि एकत्र करना, पुंजित करना, अपसंचित करना, गाड़ रखना, खजानेके रूपमें संग्रह करना; हृदयंगम करना।

hoarder n. कोष-संग्राहक, निधि-संग्राहक, निधि-संचेता, धन एकत्र करनेवाला।

hoarding १. n. अपसंचय, गुप्तसंग्रह; २. a. पाड़ (तख्तोंका ठट्ठर जिसपर राजगीर बैठते हैं)।

hoarhound दे० HOREHOUND.

hoariness n. धवलता, सफेदी; श्रद्धेयता, बुजुर्गी।

hoarse a. भग्नस्वर, श्रुतिकटु, परुष, कर्कश, भरा-भरा, बेसुरा, फटा।

hoarsen v.t. & i. (ध्वनिका) फट जाना, भर्रा जाना; गला फाड़ना।

hoarseness n. श्रुतिकटुता, परुषता, कर्कशता, स्वरभंग, भर्राहट, भारीपन, फटापन।

hoary a. (केश) पलित, सित, धवल, श्वेत, सफेद; श्रद्धेय, महान्, पूज्य, आदरणीय, वृद्ध, बुजुर्ग; (वन०, कृमि०) श्वेतकेशी, महीन रेशोंवाला।

hoax n. & v.t. प्रतारणा (करना), कपट (करना), धोखा (देना), छल (करना), झाँसापट्टी या चकमा (देना)।

hoaxer n. प्रतारक, कपटी, छली, धोखेबाज, चकमेबाज।

hob n. १. ग्राम्य, देहाती, गँवार; २. अँगीठीका वह भाग जिसपर गरम करनेके लिए वस्तु रखी जाती है; (गोले आदिके खेलमें प्रयुक्त) खूँटी या आलपीन; स्लेज गाड़ीकी कील; *to play* ~ धवड़ाहट मचाना, खलबली मचाना, गड़बड़ी मचाना।

hobble[1] n. रस्सी, छँदान, बँधना; विकट अवस्था, विषम परिस्थिति, व्यग्रता, झंझट; भचक, लँगड़ाहट; ~ skirt पैरके पास इतना तंग घाँघरा (कि चलनेमें बाधा पड़े)।

hobble[2] v. i. & t. बाँधना, छाँदना; शिथिल होना, प्रवाहशून्य होना; भचकना, लँगड़ाना; हकलाना, अटक-अटककर बोलना।

hobbledehoy, hobbad-, hobbed- nn. अबोध बालक, अल्हड़ लड़का, छोकड़ा।

hobbledehoyhood n. अल्हड़पन।

hobbler n. बन्धक, बाँधनेवाला, छाँदनेवाला; शिथिल होनेवाला, प्रवाहशून्य होनेवाला; भचकनेवाला, लँगड़ानेवाला; हकलानेवाला।

hobby[1] n. प्रियरुचि, विशिष्ट रुचि, अभिरुचि, शौक, हॉबी; (प्रा०) अश्वक, टट्टू।

hobby[2] n. शिकरा, एक छोटा बाज; ~-horse लिली घोड़ी, बच्चोंका एक काठका घोड़ा, झूलेका घोड़ा।

hobgoblin n. भकाऊ, भकड़ू, हौआ; पिशाच, राक्षस,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

दैत्य, भूत, बेताल, भुतना; दुष्ट बालक, शरारती लड़का।

hobnail n. गुरखुल, घुण्डीदार कील (जैसे, *give me two ~s for boot-soles*)।

hobnailed a. गुरखुलदार; ~ liver यकृत जिसमें दाने निकल आये हों।

hob-nob v. i. मित्रवत् संलाप करना; एक साथ मदिरापान करना।

hobo n. (pl.) उठल्लू मजदूर; रोजहा मजूर ⊙।

Hobson's choice दे० CHOICE.

hock[1] n. पिछला घुटना, जानवरोंके पिछले घुटने और गमचीके बीचका जोड़।

hock[2] n. श्वेत जर्मनी मदिरा, अँगूरी शराब।

hock[3] n. & v. t. आधान (करना), बन्धक (रखना), गिरवी (रखना), रेहन (रखना); *in ~* आधानमें, बन्धकमें, गिरवीमें, रेहनमें; ऋणमें, बन्द।

hockey n. हॉकी।

hocktide n. (ईसाई) ईस्टरके बादका सोमवार और मंगलवार।

hocum n. निरर्थक वस्तु, बेकारकी चीज, कूड़ा-करकट; (अमेरिकी ग्रा०)जनसाधारणके लिए रंगशालीय कार्यक्रम।

hocus v.t. (*~ drug*) नशीली बना देना; बेहोश कर देना; प्रतारित करना, कपट करना, छलना, धोखा देना, चकमा देना।

hocus-pocus[1] n. प्रतारणा, कपट, छल, धोखा, ठगी, चकमा; मन्त्र-तन्त्र, छूमन्तर; इन्द्रजाल, बाजीगरी, भानमतीका खेल।

hocus-pocus[2] v. i. & t. प्रतारित करना, कपट करना, छल करना, धोखा देना, ठगना, चकमा देना; झाँसा देना, चालबाजी करना; इन्द्रजाल दिखाना, बाजीगरी करना, भानमतीका खेल दिखाना।

hod n. गारा-चूना ढोनेका कठरा या तसला; टोकरा, टोकरी।

hodden n. मोटा ऊनी कपड़ा; ~ grey धूसर ऊनी कपड़ा; गँवारू वेश-भूषा।

Hodge n. विशिष्ट अंग्रेज कृषि श्रमिक।

hodge-podge n. दे० HOTCH-POTCH.

hodiernal a. आधुनिक, वर्तमानकालिक।

hodman n. टोकरी ढोनेवाला (मजदूर) (ला० भी)।

hodmandod n. शम्बूक, घोंघा।

hodograph n. पथचाप, हॉडोग्राफ, यात्रापथका हिसाब रखनेवाला यन्त्र।

hodometer n. पथमापक-यन्त्र, हॉडोमीटर।

hoe[1] n. खनित्र, फावड़ा, कुदाली, खुरपी, बेलचा; Dutch ~ हालैण्डमें प्रयुक्त एक विशेष प्रकारकी खुरपी या कुदार।

hoe[2] v.t. खुरपना, निराना, खोदना, कोड़ना, गोड़ना।

hog[1] n. छोटी भेड़ (जिसका बाल अभी एक बार भी न काटा गया हो); शूकर, वराह, सुअर; बधिया सुअर; मलिन पुरुष, गन्दा आदमी; गँवार, उजड्ड; पेटू, खाऊ; ~back, ~'s-back सशिखर पर्वतक, कलंगीदार पहाड़ी; ~cote सुअर-बाड़ा; ~ deer प्रियक हिरन ~-fish; एक प्रकारकी मछली जिसके सिरपर बाल होते हैं; ~herd शूकरपाल, पासी; ~ mane (घोड़ेकी) कटी हुई अयाल; ~-raisers ⊙ सुअर पालनेवाले; ~-wash सुअरोंको पिलाया जानेवाला धोवन; road-~ दे० ROAD[1]; *by raising ~s* ⊙ शूकर-पालन द्वारा; *go the whole ~* अच्छे ढंगसे कार्य सम्पन्न करना; *~ in armour* खरा आदमी, भद्दा आदमी;

~-backed, ~-badger, ~ bristles, ~ creeper, ~ lard, ~-nosed snake, ~weed.

hog[2] v.t. & i. निकालना, निकलना; (घोड़ेके) बाल कतरना; (बेपरवाह मोटरबाज या सायकिलबाजकी तरह) व्यवहार करना।

hogged a. मध्योत्क्षिप्त, मध्योदग्र, मध्योत्तुंग, पार्श्वकी अपेक्षा बीचमें ऊँचा।

hogger n. (कोयलेकी खदानमें) श्रमिकोंका मोज़ा।

hoggerel n. एकवर्षीय मेष, एक सालका बकरीका बच्चा।

hoggery n. शूकरप्रक्षेत्र, सुअरका फार्म; शूकर-वृन्द, शूकर-समूह, सुअरोंका समूह।

hogget n. एक वर्षीय मेष, एक सालकी भेड़।

hoggish a. शूकरीय, शूकरोपम, बधिया-सुअर-सा; गवाँर-जैसा, गन्दा।

hoggishness n. शूकरोपमता, सुअरपन, गवाँरपन, उजड्डपन।

hoglike a. शूकरवत्, सुअरकी तरह।

hogling n. शूकर-शावक, छोटा घेंटा, छौना।

hogmanay n. (स्काट०) वर्षावसान, अन्तिम वर्षदिवस; (बच्चों द्वारा इस दिन मँगाया जानेवाला) केक या मालपुआ।

hogshead n. बड़ा पीपा; ५२½ सरकारी गैलनको नाप।

hoi(c)k v.t. & i. (वायुयानको) सहसा पलट देना, पलट जाना।

hoicks intr. (कुत्तोंको लुहानेके लिए) लू-हा, ले-बेट्टा, लगे-लगे।

hoiden, hoy- n. पुंश्चली, स्वैरिणी, प्रगल्भ बालिका, चंचल लड़की।

hoist[1] n. उत्तोलन, उत्थापन, आरोहण, उन्नयन, उठाव, चढ़ाव; उत्तोलक, उत्थापक, उन्नायक।

hoist[2] v.t. उत्तोलित करना, फहराना; उत्थापित करना, उन्नयन करना, खड़ा करना, उठाना, चढ़ाना।

hoist[3] a. (p.p.) अपनी ही चालसे ध्वस्त, अपने ही बमसे ध्वस्त।

hoity-toity[1] n. औद्धत्य, उपद्रव, ऊधम।

hoity-toity[2] a. उद्धत, उपद्रवी, ऊधमी; कौतुकी, चंचल, दुष्ट, खिलाड़ी; चिड़चिड़ा, तुनुकमिजाज।

hoity-toity[3] intr. धत्, हट्, भग, तुम्हारी ऐसी-की-तैसी।

hokey-pokey n. दे० HOCUS-POCUS; (गलीकूचोंमें

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

बिकनेवाली) सस्ती मलाई-बरफ ।

holarctic a. उत्तरध्रुवीय, अर्कटिकप्रदेश-सम्बन्धी ।

hold[1] n. (शा० एवं ला०) अवलम्ब, बन्धन, पकड़ (विशे० *take, get, keep, ~ of*); अधिकार, प्रभाव; कारावास; गढ़, गढ़ी; (नौवि०) खाव, फलका; *~ him at bay, in suspense* ⊙ हिरासतमें रोक रखना; *~ on* (ला०) प्रभाव ।

hold[2] n. जहाजके डेकके नीचे माल असबाब रखनेका खाली स्थान ।

hold[3] v.t. & i. (*held, holden*) थामना, बाँधना, कसकर पकड़ना; विशेष अवस्थामें रखना; धारण करना, समाना, भरना, जमाना; अधिकारी होना, स्वामी होना; असामी होना, अधिकृत करना; आकृष्ट करना; रखना, छाया होना; हिरासतमें रखना; पालन कराना, पाबन्दी कराना; मनाना; रचाना, मचाना (जैसे, *they ~ a festival today*); संचालित करना, करना (जैसे, *we will ~ a conference*); (धृष्ट भाषाका) प्रयोग करना, गुस्ताखी दिखाना; नियन्त्रित करना, संयममें रखना, रोकना (जैसे, *~ your noise, ~ your tongue*); विचार करना, विश्वास करना, निर्णय देना, विचार प्रकट करना; जानना, समझना; होना, ठहरना, रहना, टिकना, थमना, रुकना, जमना; ~all बिस्तरबन्द; ~back विघ्न, बाधा, रुकावट; ~fast दृढ़ावलम्बन, बन्धनी, सँड़सी, शिकंजा; ~ up बलात् निरोध, जबरदस्ती रोकना; ठगी, बटमारी ⊙; ~ up man ⊙ ठगी, बटमारी; ~ ! रुको, ठहरो; ~ ! (रग्बी फुटबालमें) एक विशेष प्रकारका नारा; *~ back* नियन्त्रित करना, संयमित होना, निग्रह करना, हिचकना, झिझकना; *~ by, to* संलग्न रहना, डटे रहना, जमे रहना; *~ dear* प्यार करना; *~ down* ⊙ जैसेका तैसा रहना; सुरक्षित रखना, बनाये रखना; *~ forth* प्रकट करना, खुल्लमखुल्ला कहना; *~ good* काम देना, लागू होना, ठीक उतरना; *~ in* नियन्त्रणमें रखना, अधिकारमें रखना; सीमित रखना, रोके रखना; *~ing back their crops* ⊙ (उनकी) फसल रोक रखना; *~ it good* अच्छा मानना, करने योग्य मानना; *~ off* विलम्ब करना, देर लगाना; *~ on* अधिकारमें रखना, पकड़े रहना; (बोल०) रुको, ठहरो; ~ one's *hand* रुकना, थमना, हाथ रोक लेना, बाज रहना; ~ one's *head high* गर्व करना; ~ one's *own*, or one's *ground* आत्मसमर्पण न करना, डटे रहना, पीछे न हटना; *~ out* विस्तृत करना, फैलाना; जमे रहना, डटे रहना; लुभाना, ललचाना; *~ over* स्थगित करना, टालना; *~ thing cheap* आदर न करना; *~ thing over one* धमकी दिये जाना; *~ to bail* प्रतिभू या जमानत द्वारा बाँधना; *~ together* संयुक्त होना या करना; संगठित रहना या रखना; *~ up* थामे रहना, सहारा देना; (शा० एवं ला०) प्रदर्शित करना, दिखाना; विघ्न डालना, बाधा पहुँचाना; रोककर लूट लेना; विलम्बित करना, देर लगाना; ⊙ *up one's head* साहस न खोना, रौब बनाए रखना; *~ water* खरा होना, कसौटीपर ठीक उतरना; *~ with* स्वीकार करना, पसन्द करना ।

holder n. अधिकारी, धारक, धारयिता, धारण करनेवाला, पकड़नेवाला, निधिपत्रधारक, आसामी (जैसे, *~ of bill, ~ of a cheque*); किसी वस्तुको पकड़नेका साधन, होल्डर (जैसे, *cigar, pen, -~*); अस्थायी पदाधिकारी; ~-fast कुण्डा, आँकड़ा, काँटा, कीला ।

holding १. n. अधिकरण, धारण, पकड़ना; धृतक्षेत्र, कृषिस्वामित्व, खाता, पट्टी, जोत; अधिकृत पूँजी या स्टाक; निधिपत्र; २. a. धारक, धारी, धारण करनेवाला; *~ company* सूत्रधारी समवाय, संग्रहकर्त्री कम्पनी, शेयर खरीदनेवाली कम्पनी ।

hole[1]* n. रन्ध्र, छिद्र, छेद*, सुराख; गर्त, कुण्ड; गहरा गड्ढा; विवर, बिल, खोह, माँद; घर, झोपड़ी; (खेलोंमें) गेंद डालनेका स्थान; (गॉफ) खिलाड़ीको प्राप्त अङ्क या प्वाइंट; छिद्रीकरण; विषम स्थिति, बुरी परिस्थिति (जैसे, *am in rather, a devil of, a ~s*), ~-and-corner गुप्त, रहस्यमय, भेदपूर्ण; *pick ~s in* छिद्रान्वेषण करना, त्रुटि निकालना, नुक्ताचीनी करना; *a round peg in a square ~* उल्लूकी दम फाख्ता, टाटमें मूँजकी बखिया, पदके लिए अनुपयुक्त व्यक्ति ।

hole[2] v.t. & i. छिद्रिल करना, छेद बनाना; खोह या सुरंग बनाना; छेदमें रखना, गढ़ेमें डालना; *~ out* (गॉफमें गेंदको) छेदमें डालना ।

holed a. छिद्रित, छेदवाला (*~ grains*) ।

holey a. छिद्रिल, छेदहा, सूराखदार ।

holibut n. = HALIBUT.

holiday n. पर्वावकाश, पर्वदिन, अवकाश, अनध्याय, छुट्टी; ~ clothes भड़कीले वस्त्र; *blind man's ~* दे० BLIND.

holiness n. वैमल्य, शुचिता, पुण्यता, पावनता, पवित्रता; पुण्यशीलता, धार्मिकता; पोपकी पदवी (जैसे, *his ~ the Pope Pious of Rome*); भगवान्, महात्मा, महापुनीत (जैसे, *his ~ shri Swami fagadguru Shankaracharya of Puri*) ।

holla intr. दे० HOLLO.

holland n. मोटा कपड़ा, हालन; (pl.) डच शराब ।

hollo[1], **-low, -la, -loa** v. i. & t. पुकारना ललकारना, चिल्लाना, शोर मचाना, शिकारी कुत्तोंको आवाज देना ।

hollo[2] intr. (ध्यान आकर्षित करनेके लिए) हो, अजी, हैजी, हालो ।

hollow[1] n. विवर, गुहा, कोटर, छिद्र, बिल, घाटी; खात, शून्य स्थान, खोह, खाला ।

hollow[2]* a. खोखला*, पोला; शून्य, रिक्त, छूँछा; बुभुक्षित, भूखा, खाली पेट; (ध्वनि) मन्द, खोखली, बेजोर; निःसत्त्व, निःसार, निरर्थक, थोथा; कपटी, छली, झूठा, लबारी, बनावटी; ~-eyed खोंदराई आँखवाला; धँसी आँखवाला; ~-hearted कपटी, छली, बेईमान, दगाबाज; ~ race etc. फिसफिसी दौड़;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ square दे० SQUARE; ~ *out* खोखला करना, पोला बनाना;
~ bullet, ~ cone, ~ cylinder, ~ ground ~-horned, ~ stalk, ~-ware.

hollow[3] adv. पूर्णतया (जैसे, *beaten* ~)।

hollowness n. शून्यता, रिक्तता, खोखलापन, थोथापन।

holly n. शूलपर्णी (एक प्रकारकी झाड़ी); ~ willie कृत्रिम साधु, पवित्रताका दम भरनेवाला व्यक्ति।

hollyhock n. चित्रसेवती, रंग-बिरंगे फूलोंवाला बड़ा पौधा, हालीहक।

holm[1], **-me** n. टापू, कछार।

holm[2] n. सदाबहार बलूत।

holoblastic a. पूर्णतः जीवाणवीय, पूर्णरूपेण रोगाणवीय; रोगाणु-सम्बन्धी; अंकुर-सम्बन्धी।

holocaust n. (ला०) महाविध्वंस, महाबलि, हत्याकाण्ड, बलिदान; सुदग्ध होम, पूर्णाहुति।

holocryptic a. अतिगूढ़, अतिशय गुप्त, अत्यन्त रहस्यमय।

holograph n. स्वलेख, स्वहस्तलेख, स्वेच्छा-पत्र।

holographic a. स्वलिखित, स्वलेख-विषयक, स्वहस्तलेख-सम्बन्धी।

holohedral a. (स्फटिक) पूर्ण फलकित, पूर्णतल।

holometabola n. (pl.) (वन०) पूर्णरूप, पूर्णतः कायाकल्प होनेवाले कीड़े।

holometer n. सर्वमापक, पूर्णमान।

holophotal a. पूर्णप्रकाश-यन्त्र-सम्बन्धी।

holophote n. पूर्णप्रकाश-यन्त्र।

holosericeous a. मृदुपक्षावृत, कोमल पंखोंसे आच्छादित, कोमल रेशमी पंखोंसे ढका हुआ।

holothurian a. & n. समुद्रकर्कटी, पूर्णकर्कटिक (पशु), होलोथ्यूरिआ जातिका (समुद्री पशु)।

holster n. पिस्तौल-दान, पिस्तौलका खाना।

holt n. आश्रयस्थान; (का०) अटवी, वन, जंगल, घनी झाड़ी; वनाच्छादित पहाड़ी; माँद।

holy a. पावन, पूत, पुण्य, पवित्र; अपृथग्दर्शी, पूर्ण ब्रह्मज्ञानी; धार्मिक, पुण्यात्मा, धर्मात्मा, महात्मा; H~ City दे० CITY. ~ cross प्रभु यीशुकी सूली; H~ Cross day सूलीके दिनका पर्व (१४ सितम्बर); ~ day धार्मिक पर्व; H~ family दे० FAMILY; H~ Ghost, Spirit ईश्वर; H~ grail दे० GRAIL; ~ Joe (नौवि०,ग्रा०)धर्मरायण व्यक्ति, पवित्रात्मा; H~ Land पुण्यभूमि, पश्चिमी फिलिस्तीन, यरूसलम; ~ place तीर्थस्थान, पुण्य स्थानः यहूदी मन्दिर, H~ Saturday ईस्टर सप्ताहका शनिवार; ~ terror भयावह व्यक्ति; नीरस व्यक्ति; दुष्ट बालक; H~ Thursday ईस्टर सप्ताहका बुधवार; ~ water अभिमन्त्रित जल, पुनीत कार्योंमें प्रयुक्त जल, पवित्र जल; H~ Week ईस्टर रविवारके पहलेका सप्ताह; H~ Writ धार्मिक समादेश, धर्मग्रन्थ, (विशे० बाइबिल); ~ *of holies* (ला०) अन्तस्तमवेदी या पूजागृह; यहूदियोंके पूजागृहका भीतरी भाग।

holystone[1] n. झाँवाँ, (डेकको रगड़कर चिकना करनेमें प्रयुक्त) एक चिकना बलुई पत्थर।

holystone[2] v.t. बलुई पत्थरसे या झाँवाँसे रगड़कर चिकना बनाना।

homage n. सम्मान, अभिवादन, श्रद्धांजलि (जैसे, *pay, do,* ~ *to*); वश्यता, स्वीकृति; आदर, भक्ति; राजनिष्ठाकी शपथ।

homager n. श्रद्धांजलि-समर्पयिता, आदर करनेवाला, भक्ति दर्शित करनेवाला।

Homburg n. मुलायम नमदाका हैट।

home[1] n. आवास, निवास, गृह, गेह, घर; स्वदेश, मातृभूमि, पितृभूमि; अनाथालय; निर्बलोंका शरणस्थल; व्यक्तिगत भवन, मकान, प्राइवेट हाउस⊙; ~-bred असंस्कृत, घरेलू; ~-coming स्वदेशागमन, घर आना; H~ Countries लन्दनके समीपवर्ती प्रदेश; ~-felt हृदयस्पर्शी, आन्तरिक, दिली; H~ Guard गृह-रक्षक-दल, ब्रिटिश नागरिकोंकी सेना; ~-keeping गृहप्रिय, घरघुसना; ~-made स्वदेशी, घरपर बना हुआ; H~ Office गृहविभाग, गृहविभाग-भवन; H~ Rule स्वराज्य, गृह-शासन; ~sick गृहातुर, गृहचेता, गृहविरहार्त, गृह-वियोगसे दुःखी; long *or* last ~ समाधि, कब्र, मजार; *at* ~ अपने घरपर या देशमें, सुखपूर्वक, चैनसे; अभिज्ञ, दक्ष, पटु; *bring charge* ~ *to* person अपराध सिद्ध करके किसीको दण्ड देना; *come* ~ *to* गहरा प्रभाव डालना; *nothing to write* ~ *about* (बोल०) तुच्छ या नगण्य वस्तुका प्रयोग नहीं करना है;
~ accounts, ~-backed, ~ base, ~ body, ~-born, ~-bound, ~-brewed, ~-brewing, ~-built, ~comer, ~coming, ~ command, ~ company, ~ consumption, ~ cooperation, ~craft, ~ defence, ~ department, ~-driven, ~ economics, ~ factor, ~farer, ~-farm, ~-farm account, ~-farm land, ~-fed, ~-felt, ~ fly, ~-goer, ~-grown, ~ industry, ~-keeper, ~ land, ~lander, ~like, ~likeness, ~-made, ~making, ~ market rate, ~ nursing, ~ office, ~ owner, ~place, ~ port, ~-pounded, ~-pounded rice, ~ produce, ~-raised, ~-reared, ~ rule league, ~ safe deposits, ~science, ~ science attendant, ~ seeker, ~ sickness, ~ signal, ~ site, ~ state, ~ station, ~ station rest, ~ trade, ~ waters, ~-works, ~wort, ~-woven.

home[2] v. i. & t. गृहयुक्त करना, घर बना देना; घरकी ओर निर्दिष्ट करना या भेजना; घर आना, वास करना।

home[3] a. गार्ह्य, घरेलू; देशीय, स्वदेशसे आनेवाला,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

स्वदेश या घरके समीप; स्वदेशोत्पन्न, स्वदेश संचालित (जैसे, ~ *industries, products*); घरेलू काम-धन्धे करनेवाला, अधिक प्रभावित करनेवाला, घनिष्ठ, प्रभावशाली, गहरा असर डालनेवाला (जैसे, ~ *questions, truth*)।

home[4] adv. स्वदेशकी ओर, घरकी ओर (जैसे, *come, go,* ~); स्वदेशमें या घरपर पहुँचा हुआ (जैसे, *he is* ~); लक्ष्य स्थानतक (जैसे, *the thrust went* ~); यथासम्भव (जैसे, *drive a nail* ~)।

homeless a. निर्गृह, गृहविहीन, निराश्रय, अनाथ।

homelike a. घरेलू, देश या घरकी भाँति; परिचित, सरल।

homeliness n. असभ्यता, अशिष्टता; सरलता, सीधापन, सादापन; गृह्यता, घरेलूपन; ग्राम्यता, कुरूपता।

homely a. गृह्य, पारिवारिक, घरेलू; परिचित; असभ्य, अशिष्ट, आदिम, प्राचीन, सामान्य, साधारण, सरल, सीधा-सादा ☉; अकृत्रिम, बिना दिखावेका; असुन्दर, कुरूप।

homeopathy n. = HOMOEOPATHY.

homer n. (दरबेमें जानेवाला) कबूतर।

homespun[1] n. सामान्य वस्तु, सीधी-सादी चीज; खद्दर, खादी।

homespun[2] a. सामान्य, साधारण, सीधी-सादी; (वस्त्र) स्वदेशी, गृहनिर्मित।

homestead n. गृहस्थान, वास-भूमि।

homesteader n. गृहस्थानवान्, वासस्थानवाला।

homeward[1] a. स्वदेशाभिमुख, गृहाभिमुख, घर जानेवाला।

homeward[2]**, -wards** adv. स्वदेशाभिमुख, घरकी ओर; ~*(s)-bound* (जलपोत) स्वराष्ट्रको जानेवाला।

homey a. गृहवत्, घर-जैसा; (मित्र इत्यादि) अत्यन्त हार्दिक, घनिष्ठ, अत्यधिक दिली।

homicidal a. मानवहत्या-सम्बन्धी, मानववाती, नरहत्यारा।

homicide n. नरहत्या, मानव-हत्या; नृहन्ता, मानववाती, हत्यारा; ~ mania नृहत्योन्माद।

homiletic[1]**(s)** n. (pl.) प्रचार-विद्या, धर्मोपदेश-कला।

homiletic[2] a. प्रचारात्मक, उपदेश-सम्बन्धी।

homiletical a. प्रचार-विद्या-विषयक, धर्मोपदेश-कला-सम्बन्धी, प्रचारात्मक।

homilist n. उपदेशक, धर्मोपदेशक।

homily n. अरुचिकर सदुपदेश; धर्मवाक्य, धर्मोपदेश।

homing a. घर जानेवाला; (कबूतर) जिन्हें उड़कर घर वापस आना सिखा दिया गया हो।

hominoid n. नरपशु।

hominy n. दलिया, दूध या जलमें उबाला गया मकीका मोटा आटा।

homish a. गृहवत्, घरेलू, घर-जैसा।

hommock n. = HUMMOCK.

homo n. (जीववि०) मानव, मनुष्य।

homocarpous a. समफल, एकफली, सदृशफली, एक ही प्रकारके फलोंवाला।

homocentric a. समकेन्द्र, एककेन्द्रिक।

homochromous a. एकराग, सदृश-राग, एक ही रंगका।

homodont a. (जीववि०) समदन्त, सदृश-दशन, जिनके दाँत एक-से हों।

homodromous a. एकदिग्, सदृश दिशावाला।

homoeopath, homoepathist nn. समचिकित्सक, होमियोपैथ।

homoeopathic a. समचिकित्सा-विषयक, होमियोपैथी-सम्बन्धी।

homoeopathy n. समचिकित्सा, होमियोपैथी।

homoeozoic a. एकजीवन, सदृश जीवन।

homogamous a. (वन०) समजनक, समोद्वाही, समजननेन्द्रिय।

homogamy n. समजनकता, समोद्वहन, समपिण्ड-युक्तता।

homogeneal a. = HOMOGENEOUS.

homogeneity, homogeneousness nn. सदृशता, सरूपता, समांगता, सवर्णता, सजातीयता, एकजातीयता, समांगता, एकधर्मिता।

homogeneous a. सदृश, सरूप, सवर्ण, एकजातीय, सजातीय, समांग, एकधर्मी;
~ areas, ~ data, ~ equation, ~ function, ~ product, ~ units.

homogenetic a. सजातीय, समजनिक, एकवंशीय।

homogenization n. समस्थितिकरण, समांगीकरण।

homogenizer n. समस्थितिकरण-यन्त्र।

homogenous n. समान, सदृश, एकरूप।

homogeny n. सादृश्य, जाति-साम्य।

homograph n. = HOMONYM.

homologate v.t. पुष्ट करना, समर्थन करना, स्वीकार करना, मान लेना।

homologation n. पुष्टि, समर्थन, स्वीकृति, अनुमोदन।

homological a. सम्बन्धीय, समानता-विषयक, सदृशता-विषयक, साधर्म्य-सम्बन्धी, सादृश्य-सम्बन्धी; सदृश, समान, एकसा, वैसा ही।

homologize v. i. & t. सममूलक होना, सधर्मी होना; सम्बद्ध होना या करना।

homologous a. तुल्य, समान, सदृश, अनुरूप, सजातीय, समधर्मी, समानधर्मा, सममूलक।

homologue n. समान, अनुरूप, सधर्मी, सममूलक, सजात।

homology n. सम्बन्ध, समानता, सदृशता, अनुरूपता, एकरूपता, साधर्म्य, रचना-सादृश्य, समजातता, सजातीयता।

homomorphous a. सम्बद्ध, समरूप, सदृश, अनुरूप, रचना-सदृश।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

homonym n. समनाम व्यक्ति या वस्तु; भिन्नार्थ शब्द, सदृशरूप किन्तु भिन्नार्थ शब्द (जैसे, POLE[1,2]);
homonymic, homonymous aa. भिन्नार्थक, अनेकार्थ, समनाम, एकनाम।
homonymy n. भिन्नार्थत्व, समनामता, एकनामता; भिन्नार्थ-तत्त्व।
homoousian, homous- a. समतात्त्विक, एक ही सारका।
homophone n. समध्वनि, सम ध्वनि शब्द।
homophonic, homophonous aa. समध्वनिक, समस्वरीय।
homophony n. समध्वनिकता, समस्वरता।
homosexual a. & n. समलिंग कामुक (व्यक्ति)।
homosexuality n. समलिंग कामुकता।
homotaxis n. (भूगर्भ०) स्तरसाम्य।
homotonous a. सम, समान, सदृश, अनुरूप; समप्रकृति, समस्वभाव, अनुरूप स्वभावका।
homotropal a. समदिक्, एकदिशोन्मुख, एक ही दिशाकी ओर उन्मुख।
homotype n. समाकृतिक अंग या शरीर।
homotypic a. समाकृतिक अंगीय, समाकृतिक अंगवाला, सदृश शरीरवाला।
homozygote n. संयुक्त पिण्ड, समयुग्म।
homozygous a. समयुग्मक, समांशी, समपिण्डीय।
homuncule, -cle n. वामन, बौना, नाटा।
homunculus n. वामन व्यक्ति, बौना मनुष्य, नाटा आदमी।
homy a. स्वदेशतुल्य, गृहवत्, घरका-सा।
hone[1] n. शाण, शाणाश्म, सान, सिल्ली।
hone[2] v.t. सानपर रखना, सान लगाना, सिल्लीपर तेज करना, धार बनाना, पैनाना।
honest a. अजिह्म, निर्व्याज, दम्भहीन, शुद्धात्मा, सात्विक, सत्यवादी, सत्यनिष्ठ, सच्चरित्र, ईमानदार, खरा; विमल, शुद्ध, निर्मल; न्यायार्जित; शुद्ध, अदूषित, बेमिलावट, खालिस; धर्मपरायण पतिव्रता; ~ Injun! ⊙सचमुच, है ना! ~-to goodness⊙ वास्तविक, असली; *make an ~ woman of* (फुसलाकर असती स्त्रीके साथ) विवाह करना; *turn, earn, an ~ penny* न्याय्य ढंगसे अर्जित करना।
honesty n. आर्जव, अजिह्मता, निर्व्याजता, दम्भहीनता, सात्विकता, सत्यवादिता, सत्यनिष्ठा, सच्चरित्रता, ईमानदारी, खरापन; (बैंगनी फूल और अर्द्धपारदर्शी पत्तियोंवाला) एक पौधा; ~ *is the best policy* सत्यनिष्ठा ही सर्वोत्तम मार्ग है, धर्म ही नीति है, ईमान है तो सब कुछ।
honey n. मधु, शहद; माधुर्य, मिठास; प्रियतम, प्रियतमा, प्रेमी, प्रेमिका; ~-bee मधुमक्खी; ~-buzzard मधुश्येन (मधुमक्खियों और बर्रेका शिकार करनेवाला एक पक्षी); ~ dew प्रालेय, मधु, गोंद; मीठी तम्बाकू, शीरा मिली तम्बाकू; ~-sweet मधुमधुर, मधुकी भाँति मीठा;
~-ant, ~-badger, ~-balls, ~ bear, ~-bird, ~-coloured, ~-crock, ~drop, ~ flower, ~ fruit tree, ~-fungus, ~-guide, ~-hearted, ~-laden, ~-locust, ~-mouse, ~-mouthed, ~-pot, ~-sac, ~-scented gum, ~-steeped, ~stone, ~-suckle, ~-tongued, ~-voiced, ~ware, ~-water, ~-wort.
honeycomb[1] n. करण्ड, मधुकोश, छत्ता; छत्तेदार लोहा; षड्भुजाकार वस्तु।
honeycomb[2] v.t. गड्ढे बना देना; अन्दर-ही-अन्दर जड़ खोदना; छत्तेके आकारकी कोई वस्तु बनाना; ~ tree दीर्घपर्ण मधूक, चौड़े पत्तेका महुआ।
honeyed, honied a. मधुमय, शहदवाला।
honeymoon n. & v. i. प्रमोदकाल, विवाहानन्द-मास, नवदाम्पत्य-मास (मनाना), सुहागरात्रियाँ मनानेका अवकाश (बिताना)।
hong n. (चीन जापानमें) विदेशी कोठी, व्यापारिक केन्द्र।
honk[1] n. भोंपूका शब्द, हार्नकी ध्वनि; जंगली हंसकी ध्वनि।
honk[2] v. i. भोंपू बजाना, भों-भों या होंक-होंक करना, हार्न देना।
honor ⊙ = HONOUR.
honorarium n. मानदेय, दक्षिणा, कार्य्यशुल्क।
honorary a. अवैतनिक, सम्मानक, सम्मानसूचक, प्रतिष्ठावह, मानसेवी; ~ secretary *etc.* मानसेवी मन्त्री इत्यादि।
honorific a. & n. सम्मानसूचक (वाक्यशैली), आदरबोधक (शब्द)।
honour n. प्रतिष्ठा, सम्मान, मान, आदर; गौरव, यश, कीर्ति; प्रसिद्धि, ख्याति; भद्रता, उदारता, उदारचित्तता; औचित्यपरायणता, न्यायपरता; पातिव्रत्य, सतीत्व; (आदरसूचक) मान्यवर, महोदय, हुजूर, सरकार (जैसे, *your, his,* ~); श्रेष्ठत्व, गौरवरूपमें प्रदत्त वस्तु; (गॉफ) बाजी, अन्तिम छेद जीतनेके कारण सर्वप्रथम ठोकर लगानेका अधिकार (जैसे, *it is my* ~); (pl.)आतिथ्य, अतिथि-सत्कार; (pl.) आनर्सकी डिग्री; गौरवपात्र, गौरव (जैसे, *he is an ~ to his profession*); (ताशमें) तुरुपका एक्का, बादशाह, बेगम या गुलाम, (ब्रिजमें दहला भी); last, funeral, ~s सम्मानपूर्ण अन्त्येष्टिक्रिया; your, his, H~ अत्रभवान्, तत्रभवान्, श्रीमान्, महोदय; *be on* one's ~ *to do, bound in* ~ *to (do)* नैतिक दृष्टिसे उत्तरदायी होना; ~s *of war* आत्मसमर्पण करनेवाली सेनाके विशेषाधिकार; *upon my* ~, (बोल०) ~ *bright* मेरी कसम।
honour[2] v.t. सम्मान करना, आदर करना, गौरव प्रदान करना; (वाणि०) हुण्डीका भुगतान करना, सकारना।
honourable a. माननीय, सम्मान्य, पूज्य, पूजार्ह

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

आदरणीय; प्रतिष्ठित, उच्च, ऊँचा; शिष्ट, सभ्य, सौजन्य-युक्त; सच्चा, खरा, ईमानदार, साखवाला, माननीय; (जैसे, ~ *Mr. Justice K. Mathur*); Most H~ महामान्यवर, मारक्वीस, आर्डर ऑव बाथ और प्रिवी कौंसिलके सदस्योंकी उपाधि; Right H~ *most honourable* की अपेक्षा निम्नश्रेणीकी उपाधि; person's *intentions are* ~ सदुद्देश्यसे वह उस स्त्रीसे प्रेम करता है।

honourableness n. माननीयता, सम्मान्यता, पूज्यता, पूजार्हता, आदरणीयता; शिष्टता, सभ्यता; सच्चाई, खरापन, ईमानदारी, साख।

honoured a. समादृत, सम्मानित; सकारी (हुण्डी)।

honourer n. सम्मानकर्ता, आदर करनेवाला।

hooch ⊙ n. ताड़ी, अमरीकी शराब।

hood[1] n. बिल्ला, हुड (जैसे, *the ~ of the gown*); (बाजके लिए) चमड़ेकी टोपी; (गाड़ीका) टप; हुडके आकारकी वस्तु, फण।

hood[2] v.t. हुडसे आवृत्त करना, ढँकना, ढाँपना, छापना।

hooded a. हुडदार।

hoodie, -dy n. (काले सिर और श्वेत पंखोंवाला) एक कौआ (प्रायः ~ *crow*)।

hoodlum ⊙ n. उपद्रवी गुण्डा, दंगई बदमाश।

hoodman-blind n. = BLINDMAN'S BUFF.

hoodoo n. दुर्दैव, अभाग्य।

hoodooed ⊙ मोहित, जिसपर जादू किया गया हो; अभागा।

hoodwink v.t. कपट करना, छल करना, धोखा देना, चकमा देना, बेवकूफ बनाना, आँखमें धूल झोंकना; आच्छादित करना, छिपाना, ढाँपना।

hoof[1] n. क्षुर, शफ, खुर, टाप (*cloven ~*); (हास्य०) मनुष्यका पैर;

~-beat, ~-cut, ~ mark, ~ meal, ~-ploughed, ~-print, ~-shaped.

hoof[2] v.t. & i. खुर मारना, टाप मारना; ठोकर मारना, लात मारकर निकाल देना; पैदल चलना; ~-pad (घोड़ेके पैरमें बाँधनेकी) गिड़री, नेवरी या गद्दी; ~-pick खुरसे कंकड़ निकालनेका औजार।

hoofed a. शफयुक्त, खुरदार इत्यादि।

hook[1]* n. आकर्षणी, ग्रहणी, धरणी; अँकुड़ी, अंकुश, वेधनी, अँकुसी, कँटिया*, हुक*; (क्रिकेट इत्यादिमें) चोट, हिट; (मुक्केबाजी) (कोहनी मोड़कर की गयी) हलकी चोट; हँसिया; तंग मोड़; अन्तरीप (जैसे, *H~ of Holland*); ~, line and sinker पूर्णतः; ~-nose(d) शुक-नासिका; ~-worm अंकुशकृमि, अँकड़ी कीड़ा (एक कष्टदायी क्षुद्र कीट); *by ~ or by crook* येन-केन प्रकारेण, किसी-न-किसी तरह; *drop off the ~s* (ग्रा०) देहावसान होना; ~ *on* सहारा लेना; ~ *on, in, up* फँसाना, उलझाना, अटकाना; *on* one's *own* ~ (ग्रा०) अपने दायित्वपर; *take* one's ~ (ग्रा०) = HOOK[2].

hook[2] v.t. & i. हुकसे पकड़ना, हुकपर टाँग देना; चोरी करना; कँटिया लगाना, काँटेसे मछली फँसाना; (गाफ) बाईं ओर हाथ मारना; (क्रिके०) दरीके बाहर गेंद फेंकना; (रग्बी, फुटबाल) गेंद खींचकर पीछेकी ओर मारना; (मुक्केबाजी) विरोधीको किहुनी मोड़कर मारना; मोड़ना, झुकाना, टेढ़ा करना; मुड़ना, झुकना; ~-up ⊙ (समाचार प्रेषित करनेके लिए) विस्तरण स्थानोंसे अन्तःसम्पर्क, मेल; ~ *it* भग जाना, चम्पत होना, नौ-दो-ग्यारह होना।

hookah, hooka nn. हुक्का, गुड़गुड़ी, फरशी।

hooked a. वक्र, कुटिल, सांकुश, काँटेदार, हुकदार, टेढ़ा।

hookedness n. सांकुशता, काँटेदार होना।

hooker n. हुकपर लटकनेवाला, हुकसे पकड़नेवाला; (रग्बी, फुटबाल) सामनेके दो खिलाड़ियोंमेंसे प्रत्येक; (ईरान, हालैण्ड) एक छोटा पालदार जहाज।

hookey, hooky nn. ताशपरके खेल; *play ~* ⊙ भाग जाना।

hooligan n. गुण्डा, आवारा, बदमाश।

hooliganism n. गुण्डई, गुण्डागिरी, आवारापन, बदमाशी।

hoop[1] n. चक्र, वलय, परिवल, बन्ध; (लकड़ी या लोहेकी) पट्टियाँ, चक्कर, गोला; (सायेमें) लोचदार धातुका घेरा; (क्रिकेट खेल) लोहेका बल्ला; (सरकसमें) एक घेरा; मुँदरी, अँगूठी, (काली खाँसीका शब्द) खों-खों, ठों-ठों, हों-हों इत्यादि; ~-iron लोहेकी पत्ती; *go through the ~* or *~s* यातना सहना।

hoop[2] v.t. & i. परिवलयन करना, लोहेकी पट्टीसे जकड़ना; खों-खों करना, ठों-ठों करना; ~ing-cough सूखी खाँसी, काली खाँसी, कुकुर खाँसी।

hooper n. परिवलयक, लोहेकी पट्टीसे जकड़नेवाला।

hoopoe n. रंग-विरंगे परों तथा सिरपर कलगीवाला दक्षिणी यूरोपका एक पक्षी।

hoosh n. (ग्रा०) = HOTCH-POTCH, कढ़ी, हूश।

hoot[1] n. (तिरस्कारद्योतक) हू-हू, लू-लू, घू-घू, टिली-लि-ली, ले हल्ले, छी-छी, धुत्कार; उल्लूकी बोली या शब्द; थप्पड़ ⊙; दरवाजेकी खड़-खड़ाहट ⊙; *not care, not worth, a ~* or *two ~s* सर्वथा निरर्थक, बिलकुल बेकार।

hoot[2] v. i. & t. हू-हू करना, लू-लू करना, टिली-लि-ली करना, छी-छी करना, धुत्कारना, हड़काना, लुलुआना (*out, away* के साथ); लुलुआकर भगा देना; (उल्लूका) बोलना; भोंपू देना, सीटी देना; सीत्कार करना, चिल्लाना; जोरसे मारना; ⊙ चिल्ला उठना, गाली देना ⊙।

hoot(s) int. राम, राम !, अरे राम !, बाप रे बाप ! तोबा !

hooter n. टिली-लि-ली करनेवाला, हड़कानेवाला, लुलुआनेवाला; कार्य्य-सूचक भोंपू।

hoove n. उदरशोथ, आमाशयार्ति (पशुओंका रोग), अफराव।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

Hoover[1] n. हूवर, रिक्त स्थानको साफ करनेका यन्त्र।
Hoover[2] हूवरसे साफ करना।
hop[1] n. हॉप (एक प्रकारकी लता); हॉपके पके फल; ~-bind, ~-bine हॉपका तना; ~-fly हॉपमें लगने वाला विनाशकारी कीड़ा; ~-garden हॉपका खेत; ~-picker हॉपके फल तोड़नेका यन्त्र या मजदूर; ~-pillow हॉपसे भरी हुई तकिया; ~-pocket दे० POCKET; ~-pole बल्ली जिसपर हॉप चढ़ती है।
hop[2] n. उछलकूद, उछाल, फुदकन, टप्पा; नृत्य, नाच; पड़ाव; ~scotch चिबिड्डी, कीड़ीकाड़ा (खेल); *on the* ~ व्यस्त, दौड़ धूपमें लगा हुआ।
hop[3] v.t. & i. हॉपके फलको एकत्र करना, इसे उत्पन्न करना, हॉपसे शराबमें तीखापन लाना।
hop[4] v. i .& t. कूदना, उछलना, फुदकना, छलाँग मारना; लाँघना, फाँदना, टपना; ~o'-my-thumb वामन, बौना, नाटा; ~ (*it*) भग जाओ, हट जाओ, चले जाओ; (वायुयानका) उड़ पड़ना; ~ *off* (विमानका) उड़ना; ~ *the twig* or *stick* (अचानक) जीवन लीला समाप्त करना, चल बसना, मर जाना।
hope* n. & v.i. & t. आशा* (करना) अपेक्षा (रखना), आकांक्षा (करना), आशंसा (करना), भरोसा (रखना) उम्मीद (होना); आशास्पद; सम्भावना; ~ *sustains the world*, ~ *sustains life* आशा जीवन देती है, दुनिया उम्मीद पर कायम है; ~*ing against* ~ व्यर्थकी आशा करना।
hopeful a. आशावान्, आशान्वित, आशापूर्ण, आशायुक्त, आशाजनक, होनहार; young ~ (लड़का या लड़की) होनहार।
hopefulness n. आशापूर्णता, आशाजनकता।
hopeless a. निराश, हताश; निराशाजनक, हताश करनेवाला (जैसे, *a* ~ *case*); निकम्मा, बेकार।
hopelessness n. नैराश्य, निराशा।
hoplite n. सशस्त्र ग्रीक सैनिक।
hopper[1] n. डिम्भ, टिड्डा, फतिंगा, फुदकनेवाला कीड़ा; कुदक्कड़; (पीसनेके लिए अनाज रखनेवाली) मानी, डलिया, टोकरी।
hoppet n. छोटी टोकरी, हथटोकनी।
hopple[1] n. अगाड़ी-पछाड़ी, छँदान, पैकड़ा।
hopple[2] v.t. अगाड़ी-पछाड़ी लगाना, छाँदना, पैकड़ा लगाना।
hoptoad ⊙ = TOAD.
horal a. होरा-सम्बन्धी, घण्टेसे सम्बन्धित।
horary a. घण्टोंका, घण्टाभरमें होनेवाला।
horde n. (कँजड़ोंका) दल, वृन्द, संघ, गिरोह, जत्था, झुण्ड, (प्रायः तिरस्कारमें भी)।
hordeolum n. बिलनी, STY.
horehound, hoar- n. एक कड़ुवी जड़ी।
horizon n. अम्बरान्त, दिक्चक्र, दिगन्त, क्षितिज; (ला०) अनुभव, रुचि आदिकी सीमा, मानसिक ज्ञान।
horizontal[1] n. अवस्था; पड़ी रेखा, पटरी आदि।
horizontal[2] a. अनुप्रस्थ, अम्बरान्तीय, क्षैतिज, क्षितिजीय, दिगन्तसम; समतल, चौरस, पड़ी, आड़ी; ~ angle, ~ array, ~ bar, ~ gallery, ~ line, ~ plane, ~ row.
horizontality n. क्षितिजीयता इत्यादि; आड़ा या पड़ा होना।
hormone n. न्यासर्ग, उत्तेजक रस, हॉरमोन।
horn[1]* n. शृंग, विषाण, सींग*; शृंगनिर्मायक पदार्थ; सींगसे बनी वस्तु (जैसे, *shoe-*~); शृंगनिर्मित पात्र; शृंगी, सिंगी, तुरही; (*English* ~, *French* ~, *hunting-*~) भोंपू; चन्द्राग्र, चन्द्रशिखा, सिरा; खाड़ी या नदीका प्रक्षिप्त भाग; द्विविधा, दुबधा, दो कठिनाइयोंमेंसे एक–माया या राम; नगाड़ा⊙; Gate of ~ दे० GATE; ~-bar गाड़ीमें आर-पार लगी छड़; ~beam बाड़ा बनानेमें प्रयुक्त कड़ी, लकड़ीका एक छोटा पेड़; ~-bill (एक पक्षी) हार्नबिल; ~book (इति०) बालबोध, वर्णमाला-पत्र; ~-mad बिलकुल पागल; ~ of plenty दे० CORNUCOPIA; ~-plate रेलगाड़ीकी धुरीपर लगी हुई मोटी चादर; ~stone एक दृढ़ पत्थर; ~work किलेके बाहर बने दो अधूरे बुर्ज; ~ wort शैवल (पौधा); *draw* or *pull in* one's ~*s* पीछे हट जाना, ठण्डा पड़ना; *take the bull by the* ~*s* दे० BULL; *the H*~ हार्न अन्तरीप; ~-beak, ~-blower, ~ comb, ~-core, ~fish, ~-footed, ~-owl, ~ plant, ~-shaped, ~tail.
horn[2] v.t. & i. शृंगमय करना, सींग लगाना; (विशे० p.p. में) सींग चलाना, हाँकाना, सींग मारना; भोंपू बजाना; ~ *in*⊙ विघ्न डालना, बाधा डालना, गाड़ीके आगे काठ रखना, दखल देना।
hornblende n. शृंगाभाश्म, हार्नब्लेण्ड, ग्रेनाइट आदिका मुख्य तत्त्व।
horned a. शृंगाकार, सशृंग, शृंगमय, सींगदार (~ *owl*, *toad*)।
horner n. भोंपूका व्यापारी; सिंगी बजानेवाला।
hornet n. बरटा, हाड़ा, भिड़, बरें; *bring* ~*'s nest about* one's *ears* शत्रुओंको उकसाना।
horning n. बालचन्द्र-दर्शन, दूजके चाँदका दिखायी पड़ना।
hornish a. शृंगवत्, शृंग-सदृश, कुछ सींग-सा।
hornpipe n. प्राचीन ढंगकी एक शहनाई; धम्माल, मल्लाहोंका नृत्य।
horny a. शृंगीय, सींगदार; शृंगवत्, निष्ठुर, सींगकी भाँति, कठोर, कड़ा (जैसे, ~*-handed*)।
horographer n. होराकार, घड़ी-साज।
horography n. होरा-विज्ञान, घड़ी बनानेकी कला।
horologe n. घटी, टाइम-पीस, घड़ी।
horologer, horologist nn. घड़ीसाज।
horologic, -al aa. घड़ीसाजीसे सम्बन्धित।
horology n. घटिका-विज्ञान, होरा-शास्त्र; घड़ीसाजी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

horometrical a. कालमिति-सम्बन्धी, समयमापन-कला-सम्बन्धी, समय-मापनाभ्यास-विषयक ।
horometry n. समय-मापन-कला, समय-मापनाभ्यास ।
horoscope n. (विशिष्ट अवसरपर) नक्षत्र-निरीक्षण; जन्मपत्री, लगनकुण्डली, जायचा; *cast a* ~ लगन-कुण्डली बनाना ।
horoscopic, -al aa. नक्षत्र-निरीक्षण-विषयक; जन्म-पत्रीय, लगनकुण्डलीय ।
horoscopist n. ज्योतिषी, जन्मकुण्डलीकार ।
horoscopy n. ज्योतिष-विज्ञान, कुण्डली-विद्या, जन्म-पत्री बनानेकी विद्या ।
horrent a. लोमहर्षक, रोमांचक, भयानक ।
horrible a. उग्र, भीषण, कराल, विकट, घोर, दारुण; भयंकर, भयानक, डरावना; बीभत्स, जुगुप्स्य, घृणावह; दुःखपूर्ण, शोकमय; (बोल०) अत्यधिक; अमनोहर, दुःखदायी, अरुचिकर (जैसे, ~ *noise*) ।
horribleness n. उग्रता, भीषणता, भयानकता, भयंकरता ।
horrid a. उग्र, भीषण, कराल, भयंकर, घोर; (का०, प्रा०) प्रचण्ड, लोमहर्षक, कठोर; (बोल०) अत्यधिक; अरुचिकर ।
horridness n. उग्रता, भीषणता ।
horrific a. भयावह, भीषण, भयंकर, दुःखदायक, थर्रा देनेवाला, दहला देनेवाला ।
horrification n. (हास्य०) संत्रस्तीकरण, दुःखी करना, भयभीत करना या होना ।
horrify v.t. संत्रस्त करना, भयभीत करना, थर्रा देना, डराना, दहला देना; दुःखी करना, धक्का पहुँचाना ।
horripilation n. (भय आदिसे) लोमहर्षण, रोमांच, पुलक, रोएँ खड़े होना ।
horripilated a. पुलकित, सपुलक, रोमांचित ।
horrisonant a. भीतिकर शब्द युक्त; भयानक शब्द वाला ।
iconoclasm n. प्रतिमा-भंजन, मूर्त्ति-खण्डन।

iconoclast n. मूर्त्ति-ध्वंसक, प्रतिमा-भंजक; मूर्त्तिपूजाका विरोधी; रूढ़ियोंका प्रबल विरोधी व्यक्ति।

iconoclastic a. मूर्त्ति-भंजनसे सम्बन्धित।

iconographer n. मूर्त्ति-शिल्पका लेखक, प्रतिमालेखक।

iconographic a. मूर्त्ति-शिल्प-सम्बन्धी।

iconography n. प्रतिमा-विद्या; चित्रोंकी सहायतासे विषय-प्रतिपादन; चित्रमय पुस्तक; प्रतिमा विद्या या चित्र-कलापर ग्रन्थ।

iconolater n. प्रतिमा-पूजक, मूर्त्तिपूजक।

iconolatry n. प्रतिमोपासना, मूर्त्ति-पूजा।

iconology n. प्रतिमा-विद्या।

iconomachy n. प्रतिमोपासना विरोध।

iconomatic a. चित्र-कथित, चित्र-वर्णित।

iconometer n. प्रतिमा-मापक, आकार या दूरीको निश्चित करनेवाला दृष्टि सहायक यन्त्र, आइकनोमीटर।

icosahedral a. विंश-भुज, बीस भुजाओंसे युक्त (तल)।

icosahedron n. विंश-फलक, विंशानीक, विंशतल, बीस तलयुक्त आकृति।

icositetrahedral a. चतुर्विंशानीक, २४ पहलुओं-वाला।

icteric a. & n. कमलरोग-नाशक (ओषधि)।

icterine a. पीत, पीला।

icteritious a. कमलरोग-विषयक, कँवल-विषयक, पीलिया सम्बन्धी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

ictus n. तालाघात, मात्राघात, छन्दभार ।

icy a. हिमाच्छन्न, हिमयुक्त, हिममय, बर्फसे ढका हुआ, बर्फका; अतिशीतल, ठण्ढा, नीरस, उदासीन, अरुचिकर (जैसे, ~ *manners*) ।

id n. जीवाणुकी इकाई; मूलप्रवृत्यात्मक संवेग या आवेग ।

ide n. एक प्रकारकी मछली ।

idea* n. निदर्शन, आदर्श, उदाहरण, नमूना; मानसिक रूप-रेखा, युक्ति, योजना, ढाँचा, नकशा; विचार*, आशय, अभिप्राय, भाव*, मत; विचारशैली, विचारसरणी; कल्पना, संकल्प, भावना (जैसे, *the ~ of his doing such a thing*); *man of ~s* साधन-सम्पन्न व्यक्ति; the big ~ ⊙ महती योजना; *what's the big ~* क्या दूरकी सूझ है !, अन्धेको अँधेरेमें बड़ी दूरकी सूझी ।

idea'd, ideaed aa. विचारात्मक, कल्पनात्मक, योजनात्मक, भावात्मक, आशय-युक्त ।

ideal[1] n. आदर्श, नमूना ।

ideal[2] a. आदर्शस्वरूप, नमूनेका; आदर्शमय, विचार-प्रदर्शक, भावगत, अभिप्रायद्योतक; मानस, मानसिक, मनःकल्पित, कल्पनामय;

~ condition, ~ formula, ~gas, ~ ground, ~ index number, ~ justice, ~ milk, ~ money, ~ par of exchange, ~ road, ~s of education, ~ soil, ~ wine tonic.

idealess a. निर्विचार, कल्पनाशून्य, योजनारहित, भावहीन, निराशय ।

idealism n. आदर्शवाद; कल्पनावाद; मायावाद, वेदान्त, बाह्य शून्यवाद ।

idealist n. आदर्शवादी, कल्पनावादी, भावनावादी ।

idealistic a. आदर्शवादी, भावात्मक ।

ideality n. आदर्शवादिता, कल्पनाशक्ति ।

idealization n. आदर्शीकरण ।

idealize v.t. & i. आदर्शमय करना, आदर्शरूपमें परिणत करना ।

ideate v.t. & i. विचार करना, मनमें लाना, चिन्तन करना, कल्पना करना ।

ideation n. चिन्तन, विचारण, कल्पना ।

ideational a. चिन्तनात्मक, विचारणात्मक, कल्पनात्मक ।

identic a. वही, वैसा ही, शब्दशः वही, जिसको कई राष्ट्र एक ही समय उन्हीं शब्दोंमें दूसरे देशको भेजें (~ *note*) ।

identical a. एकसम, समान, एकात्म, अभिन्न, तदेव, एकसा, एकही, वही, वैसा ही (~ *motion*), समरूप, अनन्य; तद्रूप, एक ही उर्वर रजसे विकसित (युग्म; यमज); ~ points (= *corresponding points*) संवादी विन्दु; ~ proposition (तर्क०, गणित) तादात्म्यसूचक, सारूप्याभिव्यंजक; ~ relation (गणित) एकात्म-सम्बन्ध; ~ time scale समान समय-श्रेणी;

~ proposition, ~ relation, ~ twins.

identicalness n. तद्रूपता, ऐकात्म्यता, अनन्यरूपता, सदृशता, समानता ।

identifiable a. अभिज्ञेय; पहचानने योग्य ।

identification n. अभिज्ञान, पहिचान, शिनाख्त;

~ card, ~ mark, ~ slip, ~ token.

identifier n. अभिज्ञाता, पहचाननेवाला ।

identify v.t. एकसम करना या समझना, सदृश या समान मानना; घनिष्ठ सम्बन्ध रखना; (अपनेको) अभिन्न अंग समझना; पहिचान करना, मिलाना, शिनाख्त करना; प्रजाति-निर्धारण करना; ~ing number अभिज्ञानांक ।

identity n. अभिज्ञा, अभिज्ञान, पहचान; ऐकात्म्य, ऐक्य, तादात्म्य, एकात्मता, सायुज्य, सारूप्य, तद्रूपता, अभिन्नता, अभेद, अनन्यता; साम्य, समता, एकरूपता; शाब्दिक राशियोंके सभी मूल्योंके लिए दो अभिव्यंजकोंका साम्य, इस साम्यका अभिव्यंजक समीकरण (जैसे, $(x+1)^2=(x^2+2x+1)$; ~ card अभिज्ञा-पत्र, अभिज्ञान-पत्रक, पहिचानका कार्ड; ~(*or* identification) disk अभिज्ञान-पत्र, रबड़ या धातुका एक नामांकित गोल चिह्न जिसे सिपाही तैनातीके समय पहनता है; ~ of class सावर्ण्य; ~ of thought चित्तैक्य; ~ slip अभिज्ञान-पर्णी ।

ideograph n. = IDEOGRAM.

ideographic, -al aa. विचार-लिपीय, विचार-लिपि-विषयक, स्वरूपचिह्न-सम्बन्धी ।

ideography n. विचार-लिपि-विज्ञान, स्वरूप-चिह्न-शास्त्र ।

ideogram, - graph nn. विचारलिपि, स्वरूपचिह्न, भावसंकेत, भावचित्र ।

ideological a. भावविज्ञान-सम्बन्धी; कल्पनामय; सैद्धान्तिक, भावधारा-सम्बन्धी; आदर्शगत ।

ideologist n. भावविज्ञानवेत्ता, भाववादी, विशिष्ट विचार-पद्धतिका अनुयायी ।

ideologue n. कल्पनाशील व्यक्ति, सिद्धान्तानुयायी ।

ideology n. भावविज्ञान, वैचारिकी; विचारधारा, भावधारा, विचार-पद्धति, चिन्तना, विचारशैली, भावप्रणाली; कल्पना; सिद्धान्त (जैसे, *Fascist, Nazi, Marxist*, ~) ।

ideopraxist n. विचारवाहक, भाव-प्रचारक ।

ides n. (pl. रोम पुराण) मार्च, मई, जुलाई और अक्टूबरका १५वाँ दिन तथा अन्य मासोंका तेरहवाँ दिन ।

idioblast n. स्वभावकोश ।

idiocrasy n. = IDIOSYNCRASY.

idiocy n. मूढ़ता, जाड्य, जडता, जडमतित्व, मूर्खता, बुद्धिहीनता, पागलपन, बुद्धूपन ।

idiogram, -graph nn. स्वचिह्न, व्यक्तिगत चिह्न; व्यापार चिह्न, ट्रेडमार्क ।

idiom n. वाग्भंगी, व्यवहार, वाक्चार, मुहावरा; बोली, भाषा; बोलचाल; भाषासम्बन्धी विशेषता या गुण ।

idiomatic, -al aa. वाक्चारीय, मुहावरेदार; देशी;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अपने देशकी; बोलचालकी ।

idiomorphic a. आत्मरूपिक, विशिष्टरूप ।

idiopathic a. मूलरोग-सम्बन्धी ।

idiopathy n. मूलरोग, जड़की बीमारी, असली बीमारी ।

idioplasm n. पित्र्य रस, स्वभाव-रस ।

idiosome n. कोशाकाय, जीवाणुका वह भाग जिसके ऊपर शरीर-रचनाका स्वरूप निर्भर रहता है ।

idiosyncrasy n. सहजावगुणता, स्वभावगत विलक्षणता; मानसिक रचना; दृष्टिकोण; भावना; किसी ग्रन्थकर्ताकी लेखन-शैली; देहरचना, गठन; स्वभाव, लत ।

idiosyncratic a. मानसिक या दैहिक रचनासे सम्बन्धित; लेखन-शैलीसे सम्बन्धित ।

idiot n. मूढ़, मूर्ख, जड़, निर्बुद्धि, जड़मति, जड़बुद्धि, हतज्ञान, तर्कशून्य व्यक्ति, घामड़, बुद्धू, उल्लू, बालिश; ~-stitch दे० TRICOT.

idiotcy n. जड़मतिता, मूढ़ता, निर्बुद्धित्व, जड़तापूर्णता, बुद्धूपन ।

idiotic, -al aa. मूढ़वत्, जड़तापूर्ण ।

idioticon n. विशिष्ट बोलीका शब्दभण्डार ।

idiotish a. मूढ़तापूर्ण, मूढ़, जड़तायुक्त ।

idiotism[1] n. = IDIOM, मुहावरा; मुहावरेदार भाषा, बोलचालका ढंग ।

idiotism[2] n. मूढ़ता, जड़ता, जड़बुद्धित्व ।

idiotize v.t. & i. मूढ़ बनना या बनाना, मूर्ख बनना या बनाना, जड़ बनना या बनाना, बुद्धू बनना या बनाना ।

idle[1] v.i. निर्मूल्य होना, निराधार होना, निरर्थक होना; निरुद्योग होना, निर्व्यवसाय होना, कार्यविमुख होना, आलसी होना, बेकार होना, निठल्ला होना; v.t. आलस्यमें समय खोना;

~-brained, ~-handed, ~-headed, ~-looking, ~-minded, ~-time, ~ wheel, ~-witted.

idle[2] v.i. (इंजनका) बेकार चलना, व्यर्थ घूमना ।

idle[3] a. *(-er, -est)* प्रभावशून्य, निर्मूल्य, व्यर्थ; निराधार, साररहित, तत्त्वशून्य, निरर्थक, निष्प्रयोजन, कार्यशून्य, बेकार, निकम्मा; निरुद्योग, निरुद्यम, निष्क्रिय; आलस्यशील, आलसी, सुस्त, निठल्ला; ~ talk वृथालाप, बेहूदा बात; *an ~ man tempts the evil* बेकारीमें बदमाशी सूझती है ।

idleness n. प्रभावशून्यता; साररहित्य, तत्त्वशून्यता; निरर्थकता; निरुद्योगता, निष्क्रियता; कार्यविमुखता, अव्यापार, बेकारी; आलस्य, सुस्ती, निठल्लापन ।

idler n. कार्यविमुख या आलसी व्यक्ति, बेकार घूमनेवाला ।

idlesse n. कार्यविमुखता; आलस्य, सुस्ती, काहिली = IDLENESS.

ido n. इस्परण्टोकी तरह एक कृत्रिम विश्वभाषा, ईडो (१९०७ ई० से प्रचलित) ।

idol n. मूर्त्ति, प्रतिमूर्त्ति, प्रतिकृति; देव-विग्रह; इष्ट, आराध्य व्यक्ति या वस्तु; छाया, छायामूर्त्ति, प्रेत; (तर्क०) मिथ्या धारणा ।

idolater n. प्रतिमापूजक, मूर्त्ति-उपासक, प्रशंसक, स्तुतिकर्ता, श्रद्धालु, भक्त, अनुरागी ।

idolatress n. प्रतिमोपासिका, मूर्त्तिपूजन करनेवाली स्त्री ।

idolatrous a. मूर्त्तिपूजा-सम्बन्धी, मूर्त्तिपूजक, प्रतिमा-पूजा-सम्बन्धी ।

idolatry n. मूर्त्तिपूजा, प्रतिमोपासना, मूर्त्ति-सेवा ।

idolism n. प्रतिमोपासना, मूर्त्तिपूजा; मूर्त्तिवत् आदरण, मूर्त्तिवत् मान्यता ।

idolization n. मूर्त्तिवत् समादरण, प्रतिमोपासना, मूर्त्तिपूजा; अत्यधिक अनुराग या भक्ति ।

idolize v.t. & i. मूर्त्तिवत् आदर करना; प्रतिमा बनाना, देवमूर्त्तिकी तरह पूजा करना, देवता मानना, अत्यधिक आदर करना, अतिप्रेम करना, अनुरक्त होना; प्रतिमोपासना करना, मूर्त्तिपूजा करना ।

idolizer n. मूर्त्तिपूजक, मूर्त्ति बनाकर पूजा करनेवाला ।

idoloclast n. प्रतिमा-विनाशक, मूर्त्तिभंजक ।

idolum n. कल्पना, अनुमान, धारणा, विचार; (तर्क०) मिथ्या अनुमान, मिथ्या धारणा, मिथ्या विचार ।

idyll, -yl n. गद्य या पद्यमें किसी ग्राम्य दृश्यका सजीव संक्षिप्त वर्णन; वर्णनात्मक गीत ।

idyllic a. वर्णनात्मक गीत या वर्णनसे सम्बन्धित ।

idyllist n. उपाख्यान-गीत-लेखक ।

idyllize v.t. दृश्यगीतका रूप देना; उपाख्यान लिखना ।

if[1] n. शर्त; सापेक्ष्य (जैसे, *~ ~s and ans were pots and pans*) ।

if[2] conj. यदि, अगर (जैसे, *~ you are tired we will sit down, ~ you see him give him the message*); जब कभी, जब-जब (जैसे, *~ I feel any doubt I inquire*); कि, आया, यदि, जो (जैसे, *ask, see, try, ~ you can turn the handle*); *as ~* मानों, कि (जैसे, *it seems as ~ he meant to compromise*); *as ~ you did not know* आप जानते तो थे; *~ not* अन्यथा, नहीं तो ।

igloo n. एस्कीमोंकी गुम्बदनुमा झोपड़ी, हिम-कोटर ।

igneous a. आग्नेय, अग्निज, अग्नियुक्त, अग्निमय, आगका, ज्वालामुखी पर्वतकी क्रियासे उत्पन्न ।

ignescent a. (प्रहार करनेपर) स्फुलिंगोद्गिरक, चिनगारी फेंकनेवाला ।

igniferous a. अग्निजनक, आग पैदा करनेवाला ।

ignigenous a. अग्निजनित, वह्निजात, अग्न्युत्पन्न, आगसे पैदा हुआ ।

ignis fatuus n. (pl. *ignes-fatui*) कच्छ प्रकाश, मिथ्याग्नि, मिथ्यादीप्ति, दीप्त्याभास, शैतानी आग, अगिया बैताल, दलदलमें दिखायी देनेवाला प्रकाश; (लां०) भ्रमपूर्ण आशा या लाभ ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

६८९Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

ignitable a. उत्तप्य, उद्दीप्य, प्रज्वाल्य, प्रज्वलित करने योग्य; सुलगाने योग्य, सुलगने या सुलगाने लायक, जलने या जलाने लायक।

ignite v.t. & i. उत्तप्त करना, उज्ज्वलित करना, दीप्त करना, अधिक तपाना, गर्म करना; (रसा०) इतना गर्म करना कि रासायनिक परिवर्तन हो जाये या भभक उठे; आग लगना या लगाना, फूँकना; जलाना, जलना, आग पकड़ना, जल उठना; सुलगना, सुलगाना।

igniter n. उत्तापक-यन्त्र, उद्दीपक-यन्त्र, प्रज्वालक-यन्त्र।

ignitible a. प्रचण्ड्य, ज्वलनीय।

ignition n. उत्तापन, प्रज्वलन, उद्दीपन, आग लगाना या लगना; अन्तर्दहन या अन्तर्दाह-यन्त्र; ~ point उत्तापांक;

~ furnace, ~ point tester, ~ spoon, ~ stand, ~ switch.

ignobility n. = IGNOBLENESS.

ignoble a. अकुलीन, हीनजात, नीचकुलोत्पन्न, निम्न स्थितिका, कमीना; अधम, अपकृष्ट, अनार्य, हीन, नीच, ओछा।

ignobleness n. अकुलीनता, अधमता, अपकृष्टता, अनार्यता, हीनता, नीचता, ओछापन, कमीनापन।

ignominious a. अकीर्तिपूर्ण, कलंकी, अवमानात्मक, गर्ह्य, बदनामीवाला।

ignominiousness n. गर्ह्यता, कलंकपूर्णता, अकीर्तिपूर्णता, अवमानात्मकता।

ignominy (प्रा० IGNOMY) n. अपकीर्ति, अपयश, अपकर्ष, कलंक, अप्रतिष्ठा, अवमान, मानहानि, बदनामी; अपयशपूर्ण आचरण, अपकीर्तिकर चरित्र, लज्जाकर व्यवहार।

ignoramus n. (pl.-*es*) अनभिज्ञ-जन, अज्ञानी व्यक्ति, मूढ़ पुरुष, गँवार आदमी।

ignorance n. अज्ञान, अज्ञता, अनभिज्ञता, अज्ञानता (~ *of law*), मूढ़ता, मूर्खता, अविद्या, ज्ञानाभाव, अबोधता (जैसे, *where ~ is bliss it's folly to be wise*), नादानी, गँवारपन।

ignorant a. अज्ञ, अनभिज्ञ, मूढ़, मूर्ख, ज्ञानशून्य, अविज्ञ, अबोध, नादान।

ignorantism n. ज्ञानविज्ञान-विरोध, असुधारवाद, सुधारविरोधी सिद्धान्त।

ignoration n. अवज्ञान, उपेक्षाकरण, अवहेलना करना।

ignore v.t. उपेक्षा करना, अवहेलना करना, ध्यान न देना; न मानना, अवज्ञा करना, निराधार समझकर न मानना।

iguana n. गोधा, गोह, पेड़ोंपर रहनेवाली बड़ी छिपकली।

iguanodon n. प्रस्तरिल रूपमें पायी जानेवाली एक प्रकारकी छिपकली।

ileac a. = ILIAC.

ileum n. नितम्बास्थि, जघनास्थि।

ilex n. (pl.-*es*) देववृक्ष, सदाहरित गुल्मविशेषकी प्रजाति; एक प्रकारका सदाबहार शाहबलूत।

iliac a. पृष्ठनितम्ब, जघनप्रदेशीय, पेड़ूका, कूल्हेका;

~ artery, ~ bone, ~ crest, ~ fosse, ~ gland, ~ vein.

ilium n. = ILEUM.

ilk a. (*of that ~*) वही, एक, प्रत्येक; उसीका; वर्ग, समूह, परिवार (*that ~*)।

ill[1] n. दुर्दैव, अनिष्ट, दुर्भाग्य; रोग, दोष, बुराई; (pl.) आमि-विपत्ति, विकार।

ill[2]* a. अस्वस्थ, व्याधित, रोगी, रोगग्रस्त, व्याधियुक्त, बीमार; कु-*, बुरा*, खराब; अव्यवस्थित; नैतिक दृष्टिसे बुरा (जैसे, ~ *fame*); अशुद्ध, कुत्सित, गर्ह्य, निन्द्य, अप-, असाधु (जैसे, ~ *blood*, ~ *humour*, ~ *temper*); हानिप्रद, अनिष्टकर, अशुभ (जैसे, ~ *weeks grow apace*); विनाशकारी, विध्वंसकारी, अनिष्टकारी (जैसे, *it is an ~ wind that blows nobody good*); कठिन, दुः-, (जैसे, ~ *to please*); अप्रवीण, अनिपुण, अदक्ष, अकुशल, दोषमय (जैसे, ~ *management*); अनुचित, असंगत, अपूर्ण, अधूरा (जैसे, ~ *success*)।

ill[3] adv. अविवेकपूर्ण ढंगसे (जैसे, ~-*advised*); बुरी तरह, अनाड़ीपनसे (जैसे, *behaved ~*); प्रतिकूलतया (जैसे, *it would have gone ~ with him*); अपूर्ण रूपसे, अधूरे ढंगपर; कदाचित्, कभी-कभी, कठिनाईसे (जैसे, *it ~ became him to speak*); ~-advised अनुपपन्न, कुमन्त्रित, अपमर्शित, अविवेकी, अदूरदर्शी, बहकाया हुआ; ~-affected अस्वस्थ, अव्यवस्थित; ~-assorted कुवर्गित, ~-boding अशुभ, अमंगल; ~-bred अशिष्ट, असंस्कृत, असभ्य, अशिक्षित, दुःशील, दुर्वृत्त, कुशील, अविनीत; ~ breeding अशिष्टता, असभ्यता, अविनय, अविनीतता दुःशीलता, गँवारपन, बदतमीजी; ~-conditioned कुस्वभावी, दुःस्वभावी, दुःस्थित, दुर्गत; ~-disposed ईर्ष्यालु, द्वेषी; द्रोही, क्रुद्ध, अप्रसन्न, नाराज; ~-fated दुर्भाग्यशाली, दुर्दैवग्रस्त, दैवोपहत, दुर्भाग्य लानेवाला, अभागा; ~-favoured कदाकार, विकृत, अपरूप, असुन्दर, कुरूप, भद्दा, भोंडा; आपत्तिजनक, अप्रीतिकर; ~-gotten अनुचित साधनोंसे प्राप्त, हरामका; ~-humour चिड़चिड़ापन; ~-humoured क्रोधी, चिड़चिड़ा; ~-judged अविमृष्ट, दुरालोचित, अपरीक्षित; अविचारित, निर्विवेक, मूर्ख, मूढ़; ~-mannered अशिष्ट, असभ्य, दुर्विनीत, दुर्वृत्त, कुशील; ~ nature अशिष्टता, कुशीलता, असभ्यता, गँवारपन, उजड्डपन; ~-natured अशिष्ट, कुशील, असभ्य, चिड़चिड़ा, उजड्ड; ~-omened अनिष्ट शंसी, अशुभसूचक; ~-starred मन्दभाग्य, अभागा, दुर्भाग्यशाली; ~-tempered क्रोधी, दुष्प्रकृति, दुष्टस्वभाव, दुःशील; ~-timed अकाल, अनवसर, अप्राप्तकाल, बुरे अवसरका; ~-treat दे० ~-use; ~-turn अपकार, अनिष्ट, वैर, निर्दयतापूर्ण कार्य; ~-use दुरुपयोग करना, दुर्व्यवहार

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

करना, बुरा बर्ताव करना; ~ will मात्सर्य, द्रोह, द्वेष, दुर्भाव, दुर्भावना; ~-wisher अशुभेच्छु, दूसरेकी हानि चाहनेवाला; *do an ~ turn to* person अनिष्ट करना, हानि पहुँचाना; ~ *at ease* व्यग्र, व्याकुल, बेचैन, परेशान; ~-*got* ~-*spent* पापका धन प्रायश्चित्तमें जाता है, जैसे आया वैसे गया; ~-*gotten goods seldom prosper* चोरीका धन मोरीमें जाता है; *speak* ~ *of* भर्त्सना करना, निन्दा करना, बुराई करना; *take* ~ बुरा मानना;

~-accoutered, ~-accustomed, ~ afford, ~-blood, ~-born, ~-breeding, ~-fame, ~-featured, ~-health, ~-paid, ~-tamed, ~-treatment, ~-willer.

illapse[1] n. अन्तःसर्पण, विसर्पण, फिसलन, सरकन; अन्दर सरक जाना; एक मिथोद्वार, पारस्परिक द्वार, एक वस्तुकी दूसरी वस्तुमें पहुँच; अचानक अधिकार।

illapse[2] v.t. अन्तःसर्पण करना, विसर्पित होना, फिसलना, सरकना, बीतना, अन्दर सरक जाना।

illation n. निगमन, व्यवकलन, अनुमान, परिणाम, फल; निष्कर्ष, सिद्धान्त।

illative a. निगमनात्मक, अनुमानात्मक (जैसे, ~ *particles*); अनुमानीय, अनुमानिक; परिणामसूचक।

illaudable a. कुप्रशंसार्ह, कुप्रशंसनीय, गर्हणीय, निन्द्य, निन्दनीय।

illegal a. अवैध, न्यायविरुद्ध, नियमविरुद्ध, गैरकानूनी;

~ absence, ~ contract, ~ cultivation, ~ cutting, ~ dealing, ~ distrai nt, ~ evidence, ~gaming, ~ gratification, ~ lockout, ~ possession, ~ practice, ~ sale, ~ transaction ~ trespass.

illegality n. अवैधता, अवैधानिकता, न्यायविरुद्धता।

illegalize v.t. अवैध करना, अवैधानिक बना देना, गैरकानूनी करार देना।

illegibility n. अवाच्यता, अपाठ्यता, अस्पष्टवर्णता, गिचपिचाहट।

illegible a. अवाच्य, दुर्वाच्य, अपाठ्य, अस्पष्टाक्षर, अस्पष्ट, अव्यक्त, जो पढ़ा न जा सके, गिच-पिच।

illegitimacy n. अवैधता, अवैधानिकता, विधिविरोध; अनौचित्य; विजन्य, वैजात्य, जारजता, हरामीपन, दोगलापन; अशुद्धि; विलक्षणता।

illegitimate[1] n. अवैध सन्तान, विजात सन्तति; दोगली या हरामी औलाद, हराम।

illegitimate[2] a. अवैध, अन्याय्य, अवैधानिक, विधिविरुद्ध; अनुचित, अनुपयुक्त, अयोग्य; अवैधज, विजात, जारज, अनौरस, विजन्मा, दोगला, हरामी; अशुद्ध, खोटा, गलत; विलक्षण, अद्भुत, असाधारण।

illegitimate[3] v.t. अवैध घोषित करना, गैरकानूनी बताना, जारज या अनौरस घोषित करना, दोगला या हरामी ठहराना; विलक्षण सिद्ध करना।

illegitimation n. अवैधीकरण; जारजीकरण, विजन्मीकरण; विलक्षण प्रमाणित करना।

illiberal a. दासोचित; अनुदार, संकुचित, तंगदिल; असभ्य, अशिष्ट, गँवार; संकीर्ण-हृदय, तंगदिल, ओछा; कृपण, कंजूस, सूम।

illiberality n. दासौचित्य; अनुदारता, अनौदार्य; गँवारपन; संकीर्णता, तंगदिली; कृपणता, कंजूसी।

illiberalize v.t. दासोचित बनाना; अनुदार बनाना; अशिष्ट बनाना, गँवार बनाना; संकीर्ण बनाना; कृपण बनाना, कंजूस बनाना।

illicit a. अवैध, अधर्म्य, विधिविरुद्ध, निषिद्ध, विवर्जित, प्रतिषिद्ध; अनुचित, अयुक्त, अननुज्ञात, अननुमत, जिसके लिए आज्ञा न दी गयी हो; अनुचित;

~ cohabitation, ~ connection, ~ conversion, ~ cultivation, ~ disposal, ~ distillation, ~ emigration, ~ export, ~ gains, ~ import, ~ intercourse, ~ production, ~ sale, ~ spirit.

illicitness n. अवैधता, अविधि-सम्मतता, गैरकानूनीपन; अननुज्ञातत्व, प्रतिषेध; अनौचित्य।

illimitability n. असीमता, निःसीमता, अमेयता, अनन्तता।

illimitable a. असीम, निःसीम, अपार, अमेय, अमित, अनन्त, बेहद।

illimitableness n. निःसीमता, असीमता, अमेयता, अनन्तता, बेहदपन।

illimited a. असीम, निःसीम, निरवधि, अपरिसीमित, अनन्त, अछोर।

illinition n. मरहम-लेप, मरहम-लेपन; लेप किया हुआ मरहम; (विशे० खनिजोंपर) अन्य पदार्थोंका लेप।

illiquid a. अतरल, ठोस; (कानून) अस्पष्ट, अनिश्चित, अप्रीतिकर, अविश्वास्य।

illision n. आघात, संघर्ष, धक्का, भिड़न्त, रगड़, टक्कर।

illiteracy n. निरक्षरता, निरक्षर-भट्टाचार्यता, अव्युत्पन्नता, अप्रबुद्धता, विद्याशून्यता, गँवारपन।

illiterate[1] n. अशिक्षित या निरक्षर व्यक्ति, निरक्षर भट्टाचार्य, अव्युत्पन्न या अप्रबुद्ध व्यक्ति, अपढ़ आदमी।

illiterate[2] a. अशिक्षित, निरक्षर, निरक्षर भट्टाचार्य; अज्ञ, अप्रबुद्ध, अव्युत्पन्न, विद्याविहीन, अनपढ़, अपढ़।

illiterateness n. निरक्षरत्व, निरक्षर भट्टाचार्यत्व, अव्युत्पन्नत्व, अबुद्धत्व, विद्याशून्यता, विद्याविहीनता।

illness n. अस्वस्थता, रोग, बीमारी; बुराई।

illogical a. तर्कहीन, अतार्किक, तर्कशून्य, तर्कविरुद्ध, असंगत।

illogicality, illogicalness n. तर्कशून्यता, तर्कराहित्य, तर्कहीनता, युक्तिविरोध, असंगति।

illth n. (क०) दुर्दशा, बुरा या फटा हाल।

illude v.t. प्रतारणा करना, कपट करना, झाँसा या धोखा देना, चालबाजी करना।

illume v.t. (का०) प्रकाशवान् करना, प्रकाशित करना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

चमकाना।

illuminable a. प्रभास्य, प्रभासनीय, प्रकाश्य, प्रकाशनीय, प्रकाशित करने योग्य, रोशनी करने लायक।

illuminant n. प्रभासक, प्रकाशक, प्रदीपक, चमकानेवाला।

illuminate v.t. प्रभासित करना, प्रदीप्त करना, ज्योतित करना, चमकाना; आध्यात्मिक या बौद्धिक प्रकाश प्रदान करना; प्रकाश डालना, मत प्रकट करना; प्रकाश (दीपक इत्यादि) से सजाना; पाण्डुलिपिके आदि वर्णपर सोने-चाँदी या रंगका काम करना।

illuminated a. दीप्त, द्योतित, प्रभासित, ज्योतिर्मय, चमकदार; प्रकाश-सज्जित; ~ fountain (भौतिक०) प्रभासित उत्स।

illuminati, illuminist nn. विशिष्ट-ज्ञानी; अत्यधिक पाण्डित्यका ढोंग करनेवाला व्यक्ति; १७७६ ई०में स्थापित एक आस्तिक गुप्त सभा।

illuminating n. प्रभासित करनेकी क्रिया; प्रभासन; ~ power प्रभासन-शक्ति, चमकानेकी ताकत।

illumination n. प्रभासन, द्योतन, प्रकाशन, उद्भासन, उज्ज्वलन, दीप्ति, दीपितता, द्योतितता, द्युति, सज्जा, जगमगाहट, सजावट; ज्ञानप्रकाश।

illuminative a. प्रकाशमय, प्रकाशनात्मक, दीप्तिवह, द्युतिकर; ज्ञानशील, ज्ञानात्मक।

illuminator n. प्रभासक, दीप्ति करनेवाला, ज्योतित करनेवाला; चमक लानेवाला।

illumine v.t. ज्ञान देना; प्रदीप्त करना, प्रकाशित करना, प्रज्वलित करना।

illuminism n. आध्यात्मिक ज्योति, परम ज्योतिका सिद्धान्त।

illusion n. भ्रान्ति, भ्रम, माया, इन्द्रजाल, विमोह, व्यामोह, मरीचिका, छल, धोखेकी टट्टी।

illusionism n. मायावाद, बाह्य सत्तामें अविश्वास, भ्रमवाद।

illusionist n. ऐन्द्रजालिक, मायावी, जादूगर; भ्रमवादी, बाह्य सत्तामें अविश्वास करनेवाला।

illusive a. मिथ्या, मायाभय, भ्रमपूर्ण, भ्रान्तिकर, भ्रमात्मक, छली।

illusiveness n. भ्रान्तिकरता, भ्रमपूर्णता, माया, कपट, छल।

illusoriness n. भ्रान्तिपूर्णता, भ्रमोत्पादकत्व, मायाविता।

illusory a. भ्रान्तिकर, भ्रान्तिजनक, भ्रमोत्पादक, आभासी (~ *association*), मायावी, छली।

illustrate v.t. स्पष्ट करना; व्याख्या करना; सोदाहरण स्पष्ट करना; सचित्र बनाना, चित्रयुक्त करना, चित्र द्वारा सुसज्जित करना।

illustrated a. सोदाहरण, उदाहरणयुक्त, उदाहरण-सहित; सचित्र।

illustration n. निदर्शन, निदर्शना, व्याख्या, स्पष्टीकरण; दृष्टान्त, उदाहरण; चित्र।

illustrational a. = ILLUSTRATIVE.

illustrative a. चित्रमय; निदर्शी, उदाहरणस्वरूप।

illustrator n. व्याख्याता, स्पष्टीकर्ता; निदर्शक, उदाहरण या चित्र द्वारा स्पष्ट करनेवाला।

illustratory a. = ILLUSTRATIVE.

illustrious a. विश्रुत, प्रख्यात, प्रसिद्ध, प्रथित, सुविख्यात, यशस्वी, गौरवयुक्त, नामी, मशहूर।

illustriousness n. कीर्ति, ख्याति, प्रसिद्धि; यश, गौरव।

illy ⊙ = ILL.

image[1] n. चित्र, मूर्त्ति, प्रतिमा; आकृति, आकार, रूप; प्रतिबिम्ब, परछाईं; प्रतिरूप, प्रतिकृति, प्रतिच्छाया (जैसे, *he is the very ~ of his father*); आदर्श, नमूना; सादृश्य, उपमा, रूपक; भावना, भाव;
~-breaker, ~-breaking, ~ distance, ~ worship.

image[2] v.t. चित्र या मूर्त्ति बनाना; प्रतिमा बनाना; प्रतिबिम्बित करना, परछाईं डालना, चित्रित करना; विचार बनाना, कल्पना करना; आदर्श होना, नमूना होना।

imageable a. चित्र्य, मूर्त्ति बनाने योग्य; प्रतिबिम्बित करने योग्य; सविस्तर वर्णनीय; आदर्श होने योग्य, नमूना बनने लायक।

imageless a. मूर्त्तिहीन, प्रतिबिम्बशून्य, निराकार; आदर्शरहित, संकल्पहीन, भावशून्य।

imagery n. बिम्बसृष्टि, प्रतिमावली, चित्रावली; वासना, कल्पना; मूर्त्तिनिर्माण-कला, संगतराशी; लाक्षणिक चित्रण।

imaginable a. कल्पनीय, सम्भाव्य (जैसे, *the greatest difficulty ~*)।

imaginal a. (कीड़ेकी) तुरीयावस्थासे सम्बन्धित; परिकल्पनात्मक, संकल्पनात्मक, कल्पना-विषयक, भावना-शक्ति-सम्बन्धी, मनगढ़न्त।

imaginary a. काल्पनिक, संकल्पज, मनोरथसृष्ट, परिकल्पनात्मक, मनगढ़न्त।

imagination n. परिकल्पन, संकल्पन; कल्पना, भावना, संकल्प; भावना-शक्ति, कल्पना-शक्ति।

imaginational a. आदर्शवादी, कल्पनावादी, कल्पनायुक्त, कल्पनाशील।

imaginationalism n. आदर्शवाद, कल्पनावाद।

imaginative a. कल्पनामय, कल्पनाशील, कल्पित, परिकल्पनात्मक; भावना-विषयक, भावनापूर्ण।

imaginativeness n. कल्पनात्मकता, संकल्पनात्मकता, कल्पनाशीलता, भावशीलता।

imagine v.t. कल्पना करना, मस्तिष्कमें चित्र बना लेना; विचार करना, चिन्तन करना, सोचना; अनुमान करना, ख्याल दौड़ाना, समझना (जैसे, *cannot ~ what he is doing*); मानना, कल्पित करना, विचार रखना, राय रखना।

imaginer n. कल्पना-प्रिय, परिकल्पक, कल्पना करनेवाला; विचारक, सोचनेवाला।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

imagining n. कल्पना करना।
imagism n. चित्रणवाद, यथार्थ-चित्रणवाद।
imagist n. चित्रणवादी (कवि)।
imago n. (pl. *imagines*, *imagos*) (कीड़ेकी तुरीयावस्था, जैसे तितली), पूर्णकीट।
imam, imaum n. (अ०) इमाम, मुल्ला।
imamate n. इमाम-प्रदेश, इमामका क्षेत्र।
imbecile a. & n. १. अल्पमति (व्यक्ति), जड़बुद्धि, क्षीण-बुद्धि, निर्बुद्धि (पुरुष), मूर्ख (व्यक्ति), बुद्धू (आदमी); २. निर्बल, अशक्त, कायर, नामर्द।
imbecilitate v.t. अल्पमति बनाना, निर्बुद्धि बनाना, बुद्धू बनाना, मूर्ख बनाना; कायर या नामर्द बनाना।
imbecility n. मूर्खता, मूढ़ता, न्यूनबुद्धिता, बालिशत्व, बुद्धिदुर्बलता, बेवकूफी; (शरीर या मनकी) दुर्बलता; कायरता, नामर्दी।
imbed v.t. लेटना; जटित करना, जड़ना।
imbedded a. अन्तर्भूत; जटित।
imbibe v.t. मनमें धारण कर लेना, हृदयंगम करना, ग्रहण करना, लेना, पाना, समझ जाना; पीना, पान करना; साँस लेना; शोषण करना, सोख लेना, चूस लेना।
imbiber n. अवधारी, अवधारयिता, अवधारक व्यक्ति, मनमें समझ लेनेवाला आदमी।
imbibition n. हृदयंगमीकरण; श्वासग्रहण; अन्तः-शोषण, चूषण।
imbricate[1] v.t. & i. खपरैलकी तरह सजाना या सजना, ढेर लगाना।
imbricate[2] a. व्यवस्थित, खपरैलकी तरहकी सजावटका।
imbrication n. सुव्यवस्थित ढेर, खपरैलकी तरहकी सजावट।
imbricative a. व्यवस्थायुक्त, खपरैलकी सजावटका।
imbroglio n. क्लिष्ट स्थिति, जटिलता, उलझन; अव्यवस्थित ढेर।
imbrue v.t. रक्तसे हाथ या तलवार रंगना, तर करना।
imbrute, em- v.t. कर्कश बनाना, कठोर बनाना, निर्दय बनाना, हिंस्रक बनाना, जंगली बनाना।
imbue v.t. अनुप्राणित करना, उत्तेजित करना, प्रभावित करना, रंगना, भिगो देना, तर करना, सराबोर करना।
imburse v.t. बटुएमें रखना, मनीबेगमें रखना, जमा करना, अदा करना; खर्च करना, चुकाना, चुकता कर देना।
imitability n. अनुकरणीयता, अनुगमनीयता, अनुग्रहणीयता।
imitable a. अनुकरणीय, अनुगम्य, अनुग्रहणीय।
imitate v.t. अनुकरण करना, अनुगमन करना, नकल करना; नकल भरना; भँडैती करना, जोकरी करना; सदृश होना, सादृश्य ग्रहण करना।
imitation n. अनुकरण, अनुगमन, अनुकृति; प्रतिलिपि, नकल; (गुणवाचक) कृत्रिम, नकली, बनावटी; एक ही रागको विभिन्न सुरोंमें दुहराना।
imitational a. अनुकरणात्मक, अनुकरण-विषयक, अनुकरण-सम्बन्धी; नकली।
imitative a. अनुकरणात्मक, कृत्रिम, बनावटी, नकली।
imitativeness n. अनुकरणात्मकता, अनुगमनात्मकता, कृत्रिमता।
imitator n. अनुकर्ता, अनुगामी, अनुसारी, अनुयायी, अनुगतिक, नकलची।
immaculacy n. विशुद्धता, निष्कलंकता, निर्मलता।
immaculate a. विशुद्ध, निर्मल, निष्कलंक, पवित्र, बेदाग; त्रुटिहीन, निर्दोष; I~ Conception (कुमारी मेरीका) निष्कलंक गर्भधारण।
immaculateness n. दे० IMMACULACY.
immalleable a. अकुट्टच, कड़ा।
immanacle v.t. निगडित करना, बेड़ियाँ डालना, रोकना।
immanation n. निर्गम, निर्गमन, बाहर निकलना।
immane a. निर्दय, क्रूर, अत्याचारी, जंगली; बृहद्, विशाल, बड़ा।
immanence, -cy nn. अन्तर्भूति, अन्तर्निहितत्व, अन्तःस्थिति; (ईश्वरकी) सर्वव्यापिता।
immanent a. अन्तर्भूत, अन्तर्निहित, अन्तःस्थ, भीतरी; सर्वव्यापी, सर्वान्तर्यामी (ईश्वर)।
immanentism n. ईश्वरसत्तावाद, ईश्वरकी सर्व-व्यापकता, सर्वान्तर्यामिता।
immanity n. व्यापकता, विशालता, व्याप्ति; क्रूरता, निर्दयता, अत्याचारिता।
immarcescible a. (किंचित् अशुद्ध रूप *immar-cessible*) अम्लान, अविवर्ण, अक्षय्य, अविनाशी।
immarginate a. प्रान्त-हीन, प्रान्त-विहीन, बिना हाशियेका, बिना मार्जिनका।
immaterial a. अपार्थिव; अभौतिक, अमूर्त्त, अशरीरी, निरवयव; सारहीन, नगण्य, तुच्छ, अनावश्यक, महत्त्व-हीन, यत्किंचित्।
immaterialism n. अभौतिकतावाद, अमूर्त्तवाद, निराकारवाद, आत्मवाद, प्रत्यक्षवाद।
immaterialist n. अभौतिकतावादी, अमूर्त्तवादी, निराकारवादी, प्रत्यक्षवादी।
immateriality n. अपार्थिवता, अभौतिकता, अमूर्त्तता, निरवयवता, नगण्यता, तुच्छता, अनावश्यकता, महत्त्व-हीनता।
immaterialize v.t. अभौतिक बनाना, अमूर्त्त या अशरीरी करना, तुच्छ बनाना, नगण्य करना।
immature a. अप्रौढ़, अपरिपक्व, अप्राप्तकाल, अकालिक, असम्पूर्ण, अपूर्ण, कच्चा; (जैसे, ~ *bucks*, ~ *soil* ~ *stage*)।
immaturity n. अप्रौढ़ता, अपरिपक्वता, कच्चापन।
immeability n. अप्रवाह, घनता, अद्रवता।
immeasurability n. दे० IMMEASURABLENESS.
immeasurable a. अमेय, दुर्मेय, अमित, अनन्त, अपरिमित, अपार, विशाल, महान्, अथाह, बहुत बड़ा।
immeasurableness n. अमेयता, अपरिमेयता, दुर्मेयता, अनन्तता, अपारता, विशालता, महानता।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

immediate a. अव्यवहित (जैसे, ~ *descent*, ~ *inference*), व्यवधानशून्य; अपरोक्ष, सीधा, निरन्तर, विनान्तर (जैसे, ~ *officer*); संलग्न, लगा हुआ; आसन्न, सन्निहित, निकटतम, समीपतम, सन्निकट (जैसे, ~ *danger*, ~ *family*, ~ *neighbour*); तुरन्त, अविलम्ब, तुरत (जैसे, ~ *action*, ~ *despatch*); तात्कालिक, तत्काल (जैसे, ~ *death*, ~ *delivery*, ~ *reply*) इत्यादि।

immediately adv. तुरत, तत्काल, तुरन्त, अव्यवहित रूपसे, फौरन।

immediateness n. = IMMEDIACY, व्यवधान-शून्यत्व, अव्यवहितत्व, अपरोक्षत्व, अनन्तरता, सीधापन।

immedicable a. असाध्य, ला-इलाज, ला-दवा।

immemorable a. अस्मरणीय, स्मरणातीत; अतीत, अति प्राचीन, बहुत पुराना।

immemorial a. स्मरणातीत, अस्मृत, स्मृतिके बाहर; पुरातन, अतिप्राचीन, बहुत पुराना (~ *usage*)।

immense a. अपरिमित, असीम, अमित, विशाल, महान्, दीर्घकाय, बृहत्, बहुत बड़ा; (ग्रा०) उत्कृष्ट, अत्युत्तम, बहुत बढ़िया।

immenseness, immensity nn. अपरिमेयता, असीमता, विशालता, उत्कृष्टता, बड़ाई।

immensurability n. अमेयता, असीमता, अपारता, अगाधता, अथाहपन।

immensurable a. अमेय, असीम, अमित, असीम, अगाध, अपार, अथाह।

immerge v.t. & i. डूबना, डुबोना, गोता लगाना; गोता देना।

immerse v.t. जलसमाधि देना, निमग्न करना, बोरना, डुबो देना; अवगाहित करना; सरसे पैरतक गोता देना; गाड़ना, दफन करना; (ऋण, कठिनाई, विचार आदिमें) मग्न करना, लीन करना, तत्पर करना, भिड़ाना।

immersible a. अवगाह्य, आप्लावनीय, निमज्जनीय, डुबोने लायक; अभिषेक-योग्य, खिष्टीय दीक्षा-स्नान-योग्य इत्यादि।

immersion n. अवगाहन, आप्लाव, निमज्जन, गोता; अभिषेक, खिष्टीय दीक्षा-स्नान; (ला०) (विचार आदिमें) निमग्नता, तल्लीनता, तत्परता; (ग० ज्यो०) निमज्जन, निमीलन, युतिभेद, लोप।

immesh v.t. उलझाना, जाल फेंकना, जाल बिछाना, जाल डालना, फँसाना।

immethodical a. क्रम-विहीन, अव्यवस्थित, बेढब, बेढंगा।

immethodicalness n. क्रम-विहीनता, अव्यवस्था।

immigrant a. & n. आव्रजक, आप्रवासी, देशान्तराधिवासी, परदेश-निवासी, आगन्तुक, प्रवासी नागरिक।

immigrate v. i. & t. आप्रवास करना, देशान्तरमें जा बसना; ले जाकर बसाना या ठहराना।

immigration n. आवसन, आव्रजन, अन्तरावास, देशान्तराधिवास, विदेशनिवास, उत्प्रवास; ~ authority, ~ depot, ~ fee, ~ laws, ~ restrictions.

imminence, -cy nn. सान्निध्य, सन्निकटता, सामीप्य, सन्निकृष्टता।

imminent a. सन्निहित, सन्निकट, समीप, निकटवर्ती, आसन्न, आस्थित, सिरपर, पास, आनेवाला।

immingle v.t. मिश्रित होना, मिलना।

immiscibility n. अमिश्रणीयता, न मिलाने योग्य होना।

immiscible a. अमिश्र्य, अमिश्रणीय, जो मिलाया न जा सके।

immit v.t. सन्निविष्ट करना, प्रविष्ट करना, अन्तर्भूत करना, भीतर डालना, शामिल करना।

immitigable a. अशम्य, अनल्प्य, जिसे मन्द या थोड़ा नहीं किया जा सकता।

immix v.t. सम्मिश्रित करना, मिलाना।

immixture n. मिश्रण, मिलावट; ग्रस्तता, लिपटा होना, फँसा होना।

immobile a. अटल, अचल, निश्चल, स्थिर।

immobility n. अटलता, अचलता, निश्चलता, स्थिरता; निष्कम्पता, कम्पहीनता, ठहराव।

immobilization n. स्थायीकरण, स्थिरीकरण, निश्चलीकरण, ठहराव।

immobilize v.t. अचल करना, स्थिर कर देना, हिलना-डुलना बन्द कर देना; किसी सिक्केकी चलन बन्द कर देना।

immoderate a. अमित, अपरिमित, अत्यन्त, अतिमात्र, अत्यधिक।

immoderateness n. आधिक्य, अधिकता, अतिशयता।

immoderation n. आधिक्य, अधिकता, असंयम।

immodest a. असभ्य, अशिष्ट, अभद्र, अश्लील, बदतमीज; अविनीत, प्रगल्भ, धृष्ट, निर्लज्ज, ढीठ।

immodesty n. असभ्यता, अशिष्टता, अभद्रता, अश्लीलता, बदतमीजी; अविनय, प्रगल्भता, धृष्टता, निर्लज्जता, ढिठाई।

immolate v.t. यज्ञके बलिपशुका हनन करना, बलि चढ़ाना; (ला०) बलि देना, (उपहारस्वरूप) अर्पित करना, बलिदान करना।

immolation n. पशुमेध, यज्ञके बलिपशुका हनन; बलि, बलिदान।

immolator n. यज्ञके बलिपशुका हनन करनेवाला।

immomentous a. महत्त्वहीन, तुच्छ।

immoral a. नीतिविरुद्ध, अनैतिक, न्यायविरुद्ध; गर्ह्य, निन्द्य, भ्रष्ट, बुरा; दुर्वृत्त, पापी, आचारहीन, दुराचारी, दुश्चरित्र, व्यभिचारी, अधर्मी, व्यसनी।

immorality n. अनैतिकता, नीतिनिषेध; गर्हा, निन्दा; दुष्टाचरण, दुर्वृत्तता, दुश्चारित्र्य, व्यभिचारिता।

immortal[1] n. अमर व्यक्ति; (विशे० बहु०) देवता; चिरस्मरणीय ग्रन्थकर्ता; फ्रान्सकी विद्वत्परिषत्का सदस्य; प्राचीन ईरानका राजकीय अंगरक्षक।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

immortal[2] a. अमर्त्य, अमर; दिव्य, दैवी, देवविषयक, अविनाशी, अनश्वर, अक्षर; अविकारी; चिरप्रसिद्ध, चिरख्यात, चिरस्मरणीय, अमिट; (बोल०) अनन्त, नित्य, सनातन, शाश्वत, चिरकालिक, चिरस्थायी।

immortality n. अमरत्व, अविनाशिता; दिव्यता; नित्यता, चिरस्थायित्व, चिरकालिकता; चिरप्रसिद्धि, चिरख्याति।

immortalization n. अमरीकरण, अविनाशीकरण, स्थायीकरण, चिरप्रसिद्धीकरण; = IMMORTALITY, अमरत्व।

immortalize v.t. अमर-अजर करना, अमरत्व प्रदान करना; चिरप्रसिद्ध करना, चिरख्याति देना; शाश्वत करना, नित्य बनाना; चिरस्थायी करना।

immortification n. तपहीनता, असंयम, अप्रत्याहार, अनिग्रह।

immovable a. स्थावर, स्थायी, अटल, अडिग; अचल, निश्चल, अपरिवर्तनीय; भावशून्य, भावनाहीन, निरावेग; (कानून) अचल (सम्पत्ति)।

immovableness, immovability nn. अचलता, स्थायित्व, स्थिरता, दृढ़ता, निश्चलता, अपरिवर्तनशीलता; भावहीनता।

immovables n. (pl.) अचल सम्पत्ति।

immune[1] a. (विष, छूत आदिसे) मुक्त, विमुक्त, प्रतिरक्षित, बचा हुआ।

immune[2] n. (रोगादिसे) प्रतिरक्षित व्यक्ति, बचा हुआ आदमी, प्रतिरक्षित।

immunity n. प्रमुक्ति, उन्मुक्ति, विमोचन, छूट, छुटकारा; स्वतन्त्रता, वमुक्ति; प्रतिरोध, प्रतिरक्षा, छूत रोग आदिका निरोधक।

immunization n. मुक्ति, विमुक्ति, प्रतिरक्षण, छूट, छुटकारा।

immunize v.t. (रोग आदिसे) मुक्त करना, विमुक्त करना, रक्षित करना, छूट देना, छुटकारा देना।

immunology n. प्रतिरक्षा-विज्ञान।

immunotherapy n. प्रतिरक्षण-चिकित्सा।

immure v.t. कारावासमें रखना, कैद रखना, चार-दीवारीमें बन्द करना, घेर रखना; स्वयंको कैद कर लेना, स्वयंको घेरेमें डाल लेना।

immurement n. कारावास, बन्धन, कैद।

immutability, immutableness nn. अपरिवर्तनीयता; स्थिरता, अटलता, निश्चलता; निर्विकारिता, निर्विकल्पता, अविकार।

immutable a. अपरिवर्तनीय, स्थिर, सनातन, नित्य, अटल, निश्चल; निर्विकार, निर्विकल्प।

imp[1] n. पिशाच शिशु, छोटा राक्षस, भूतना, छोटा शैतान; दुष्ट बालक, बदमाश या शरारती लड़का; (प्रा०) शिशु, छोकड़ा, बच्चा; उत्तराधिकारी।

imp[2] v.t. (ब्व०) विस्तृत करना, विस्तार करना, वृद्धि करना, फैलाना, बढ़ाना, जोड़ना; *~ the wings of (bird)* पक्षीकी उड़ानको बढ़ाना; उड़नेमें योग देना।

impacable a. अशमनीय, शान्त न करने योग्य।

impact[1] n. आघात, समाघात, संघात, प्रतिघात, संघर्ष, संघट्ट, धक्का, टक्कर, भिड़न्त।

impact[2] v.t. स्थिर करना, दृढ़ कर देना, कसना।

impaction n. स्थिरीकरण, दृढ़ीकरण, दबाव, कसाव।

impaint v.t. रंजित करना, रंगोंसे चित्रित करना।

impair v.t. तोड़-फोड़ देना, खराब करना, बिगाड़ना, नुकसान पहुँचाना; क्षीण करना, निर्बल करना, कमजोर करना।

impairer n. क्षीण करनेवाला, निर्बल करनेवाला; कमजोर बनानेवाला; क्षतिकारक, हानि पहुँचानेवाला, नुकसान करनेवाला।

impairment n. क्षति, ह्रास, हानि, कमी, घटी, तोड़-फोड़, नुकसान।

impale v.t. सूली देना; मेख गाड़कर प्राण-दण्ड देना; (क०) खूँटों या मेखोंसे जँगला घेरना, नोकदार लकड़ियों-का जँगला घेरना।

impalement n. शूलारोपण, सूलीपर चढ़ाना; नोकदार लकड़ियोंका जँगला।

impalpability n. स्पर्शातीतत्व; दुर्बोधता, दुर्ग्राह्यता; अस्पृश्यता।

impalpable a. स्पर्शातीत, अनुभवातीत; दुर्बोध, दुर्ग्राह्य, अस्पृश्य, अतिसूक्ष्म।

impaludism n. दलदलमें रहनेवाले व्यक्तियोंका रोग (जिसमें ज्वर और तिल्ली बढ़नेका प्रकोप होता है)।

impanate a. (खीष्टका शरीर) संस्कारके पश्चात् तैयार की गयी रोटीमें सन्निविष्ट।

impanation n. खीष्टके शरीरका रोटीमें निर्माण।

impanel दे० EMPANEL.

imparadise, em- v.t. स्वर्ग बना देना, नन्दन कानन बना देना; स्वर्गमें पहुँचा देना; हर्षोन्मत्त करना, अपूर्व आनन्दकी अवस्थामें पहुँचा देना।

imparisyllabic a. & n. असमाक्षरी, (संज्ञा) जिसमें कारकोंके न्यूनाधिक अक्षर हों।

imparity n. वैषम्य, विषमता, असाम्य, असमानता, वर्गभेद, ऊँच-नीचका भेद।

impark v.t. पार्कमें बन्द कर देना, भूमिको पार्क या बगीचेके लिए घेरना, पार्क बनाना।

imparkation n. बाड़ाबन्दी, पशुओंको पार्क या बगीचेमें घेरना; भूमिको पार्क या बागीचेके लिए घेरना।

imparl v. i. & t. मन्त्रणा करना, परामर्श करना, वार्तालाप करना, बातचीत करना।

imparlance n. वाद-स्थगन, समझौता, सन्धि करनेका अवसर, समझौतेकी मुहलत।

impart v.t. देना (जैसे, *~ instruction*); समर्पित करना, प्रदान करना; (समाचार आदि) देना, विदित करना, प्रकाशित करना, सुझाना, जताना।

impartation, impartment nn. भागदान, समर्पण; कथन, प्रकटीकरण।

imparter n. दाता, प्रदाता, समर्पयिता; वेदक, निवेदक,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

प्रकाशक, प्रकट करनेवाला।

impartial a. निष्पक्ष; उदासीन; तटस्थ; अनुत्कण्ठित; अनासक्त;
~ enquiry, ~ juror, ~ jury, ~ view.

impartiality n. निष्पक्षता, समदर्शिता, समता, न्याय्यता।

impartibility n. अविभाज्यता।

impartible a. अविभाज्य, पूरा।

impartite a. अविभक्त, अविभाजित, समूचा।

impassable a. अगम्य, अलंघ्य, दुस्तर, दुर्गम, दुस्तार्य, गहन।

impassableness, impassability nn. अगम्यता, अलंघ्यता, दुस्तरता, दुर्गमता, गहनता।

impasse n. विकट स्थिति, घोर संकट; बन्द गली या कूचा।

impassible a. जड़, अचेतन, चेतनाहीन; रागातीत, सुखदुःखाक्षम, क्लेशानुभवरहित; = IMPASSIVE.

impassibleness, impassibility nn. जड़ता, अचेतनता, चेतनाहीनता; क्षतिशून्यता, अपकारराहित्य, हानिहीनता; सुखदुःखाक्षमता, क्लेशानुभवराहित्य।

impassion v.t. भावोंको उत्तेजित करना, जोश दिलाना।

impassionable a. भावोत्तेजनात्मक, जोश दिलानेवाला।

impassionate a. आतुर, भावोत्तेजित, आवेशपूर्ण, जोशसे भरा हुआ।

impassioned a. भावोत्तेजित, आवेशपूर्ण, जोशीला।

impassive a. भावहीन, आवेगरहित, निरावेग; धीर, उदासीन, अनुद्विग्न, स्थिर, शान्त, अक्षुब्ध; संवेदनाशून्य, संवेगरहित; सुखदुःखाक्षम, क्लेशानुभवरहित।

impassiveness, impassivity n. भावहीनता, आवेगराहित्य; स्थैर्य, स्थिरता; धैर्य, धीरता; उदासीनता, अनुद्विग्नता; संवेगराहित्य, सुखदुःखाक्षमता।

impastation n. प्रगाढ़ रंजन, गाढ़े रंगसे चित्रित करना; लेई तैयार करना; लेईसे चिपकाना या बन्द करना।

impaste v.t गाढ़े रंगसे चित्रित करना; लेई तैयार करना, लेईसे चिपकाना या बन्द करना।

impasto n. (चित्र०) रंग थोपना, रंगथोपाई।

impatience n. अधीरता, व्यग्रता, व्याकुलता, अधैर्य, असहिष्णुता, प्रबल उत्सुकता, उतावलापन।

impatient a. अशान्त, व्यग्र, व्याकुल, अधीर, असहिष्णु, अक्षम, अतिउत्सुक, उतावला।

impavid a. अभीत, निर्भय, भयरहित, निडर।

impawn v.t. बन्धक रखना, गिरो रखना; (ला०) प्रतिज्ञा करना, सौगन्ध खाना, कसम खाना।

impayable a. अनमोल; (बोल०) साधारण सीमाको पार करनेवाला।

impeach v.t. आक्रमण करना; छिद्रान्वेषण करना, गलतियाँ निकालना; दोषारोपण करना, अभियोग लगाना, अधिक्षेप करना, दोषी ठहराना।

impeachable a. दोषारोप्य, अधिक्षेप करने योग्य, कलंक लगाने योग्य, त्रुटि लगाने योग्य, अभियोग लगाने योग्य।

impeacher n. आक्षेपक व्यक्ति, आक्रामक व्यक्ति, तौहीन करनेवाला आदमी; कलंक लगानेवाला आदमी; दोषारोपी।

impeachment n. अधिक्षेप, आक्रमण, तौहीन; महाभियोग, अभियोजन, दोषारोपण, कलंक।

impearl v.t. मोती बनाना, मोती जैसा बनाना; मोती जड़ना, मोतियोंसे सजाना।

impeccability n. पापातीत, अपाप, निष्पापत्व, पापहीनता; निर्दोषता, त्रुटिहीनता।

impeccable a. पापातीत, अपाप, निष्पाप; निर्दोष, त्रुटिहीन।

impeccancy n. = IMPECCABILITY.

impeccant a. पापातीत, अपाप, निष्पाप; निर्दोष, त्रुटिहीन।

impecuniosity n. निर्धनता, दरिद्रता, गरीबी।

impecunious a. निर्धन, धनहीन, दरिद्र, गरीब।

impedance n. (विद्युत्) प्रतिष्टम्भ, अवरोध, रुकावट; ~ bond अवबाधबन्ध, प्रतिष्टम्भ बन्ध।

impede v.t. अवबाधित करना, बाधा पहुँचाना, अड़चन डालना, रोकना; गाड़ीके आगे काठ रखना।

impedient a. रोधी, अवरोधी, बाधक, रुकावटी।

impediment n. अवबाधा, अवरोध, विघ्न, प्रतिबन्ध, रोक, रुकावट, रोड़ा; गाड़ीके आगेका काठ; (*pl.* ~*s* या *impedimenta*) सैन्य सामग्री, सेनाका माल-असबाब; ~ *in one's speech* हकलाहट; ~ *in law* वैध अवरोध।

impedimental a. बाधात्मक, अवरोधपूर्ण, प्रतिबन्धमय, रोड़े अटकानेवाला।

impeditive a. रोधी, अवरोधी, बाधक, रुकावटी।

impel v.t. बाध्य करना, प्रवृत्त करना, उत्तेजित करना, प्रोत्साहित करना, चलाना, ठेलना, रेलना, आगे बढ़ाना, ढकेलना, उकसाना, उभाड़ना।

impellent a. & n. प्रेरक, प्रवर्तक, प्रोत्साहक, प्रोत्तेजक, प्रणोदक, उकसानेवाला, उभाड़नेवाला, ढकेलनेवाला; प्रेरक शक्ति।

impeller n. प्रेरक व्यक्ति, प्रोत्साहक व्यक्ति, प्रणोदक व्यक्ति, प्रोत्तेजक व्यक्ति, उकसानेवाला आदमी, उभाड़नेवाला आदमी।

impen v.t. बाड़ेमें बन्द करना; घेरना, बाड़ लगाना।

impend v. i. लटकना, झूलना; (ला० खतरेका) सरपर मँडराना, सरपर लटकना; आसन्न होना, सन्निकट होना, समीप होना।

impendence, -cy nn. आलम्बन, लटकना, झूलना; आसन्नता, सन्निकटता।

impendent a. समुपस्थित, आसन्न, सन्निकट, समीपवर्ती।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

impending a. आसन्न, निकटवर्ती, (~ *danger*)।
impenetrability n. दे० IMPENETRABLENESS.
impenetrable a. अभेद्य, अछेद्य; अप्रवेश्य, अथाह, अगम्य, अपार, गहन, रहस्यपूर्ण; विचारातीत, बुद्धिके बाहर; (प्रा.कृ० दर्शन) दुर्भेद्य, जिसमें एक ही समय एक ही स्थानपर दो शरीर न प्रवेश कर सकें।
impenetrableness, impenetrability nn. अभेद्यता, दुर्भेद्यता, अछेद्यता, अप्रवेश्यता, अगम्यता, अपारता, गहनता, रहस्यपूर्णता, अथाहपन; विचारातीतत्व।
impenetrate v.t. प्रवेश कर जाना, घुस जाना, गहरा धँसना, भीतर उतर जाना, गहरे रूपसे दूरतक धँसते चले जाना।
impenitence, -cy nn. खेदशून्यता, पश्चात्तापहीनता; निष्ठुरता, कठोरता, ढिठाई, कट्टरपन।
impenitent a. अननुतापी, पश्चात्तापहीन, खेदशून्य, निष्ठुर, कठोर।
imperatival a. आज्ञा अर्थसे सम्बन्धित।
imperative[1] n. आज्ञार्थ, आज्ञा सूचक अर्थ।
imperative[2] a. (व्या०) आज्ञावाचक; आदेशात्मक, आज्ञापक, आदेशक, नियोजक; अत्यावश्यक, बहुत जरूरी; अनिवार्य, अवश्य कर्तव्य, अनुपेक्ष्य, अनुल्लंघ्य।
imperativeness n. आदेशात्मकता, आज्ञात्मकता, अत्यावश्यकता, अनुपेक्ष्यता, अनुल्लंघ्यता।
imperator n. बलाधिकृत, सेनानायक, सेनानी; सम्राट्, महाधिराज, बादशाह।
imperatorial a. बलाधिकृत या सेनानायकसे सम्बन्धित; साम्राजिक, साम्राजकीय।
imperceptibility, imperecptibleness nn. अलक्ष्यता, अगोचरता, अतीन्द्रियता, सूक्ष्मता।
imperceptible a. अतीन्द्रिय, अप्रत्यक्ष, अगोचर, अलक्ष्य, अगम्य, अविभाव्य, अस्पष्ट, अव्यक्त, इन्द्रियातीत, इन्द्रियागोचर; अतिसूक्ष्म, महीन, बारीक।
imperception n. अतीन्द्रियता, अगम्यता, असंलक्ष्यता, अगोचरता, अदृश्यता, अज्ञानता।
imperceptive a. अतीन्द्रिय, असंलक्ष्य, अज्ञान।
impercipient a. अप्रत्यक्ष, परोक्ष; अगोचर, इन्द्रियातीत।
imperfect[1] n. अपूर्णकाल।
imperfect[2] a. अपूर्ण, असमाप्त, असम्पन्न, अधूरा, अधबना (~ *ownership*); सछिद्र, सदोष, त्रुटिपूर्ण, (जैसे, ~ *centering*, ~ *competition*, ~ *delegation*, ~ *flower*, ~ *hybridization*); (व्या०) ~ tenses अपूर्णकाल, वे काल जो यह द्योतित करते हैं कि कार्य चालू है और पूर्ण नहीं हुआ है (जैसे, *he is, will be, going* परन्तु प्रायः भूतकाल जैसे, *he was singing*);
imperfectible a. अपूर्ण्य, पूर्ण करनेके अयोग्य।
imperfection, imperfectness nn. अपूर्णता, असमाप्ति, सदोषत्व, त्रुटिमयता, अगुणत्व; दोष, त्रुटि, अवगुण, कमी, खोट।
imperforable a. अछिद्रणीय, नीरन्ध्रणीय, जिसमें छेद न किया जा सके।
imperforate a. अछिद्र, नीरन्ध्र, रन्ध्रहीन; (श० र० शा०) सहज छिद्रहीन।
imperforated a. अछिद्र, अछिद्रिल, नीरन्ध्र, रन्ध्रहीन, अछेद्य, अभेद्य।
imperforation n. अछिद्रता, अछिद्रिलता, नीरन्ध्रता, रन्ध्रहीनता, अछेद्यता, अभेद्यता।
imperial a. साम्राज्य-सम्बन्धी, ग्रेटब्रिटेनसे सम्बन्धित; सम्राट्से सम्बन्धित, साम्राजिक; सर्वप्रधान, सर्वप्रमुख, सब कुछ, सर्वेसर्वा; प्रभावशाली; प्रतापवान्, ऐश्वर्यपूर्ण, महान्, मान्य; पूज्य; अत्युत्कृष्ट, भव्य, शानदार; (कागज) २२ × ३२ इंच साइज; ठोडीके ऊपर उगनेवाली दाढ़ीका छोटा भाग; माल असबाबके लिए एक प्रकारकी सन्दूक; जारके समयकी रूसी मुद्रा; ~ federation साम्राज्य-संघ, ब्रिटिश साम्राज्यकी व्यवस्था जिसमें संयुक्त लाभके लिए आर्थिक उपायोंके नियन्त्रण आदिमें उपनिवेशोंको भी भाग दिया जाता है; ~ gallon आढक, राजकीय गैलन; ~ maund पक्का मन; ~ preference साम्राज्य अधिमान; साम्राज्यके विभिन्न भागोंसे आये हुए मालपर अपेक्षाकृत कम कर लगाना; ~ purple निनीलारक्त, रक्ताभ नील रंग; ~ red सम्राड् रक्त; ~ sand grouse बृहत् ककर पक्षी; ~ scarlet सम्राट् शोण; I~ War Museum साम्राजिक युद्ध कौतुकालय।
imperialism n. साम्राज्यवाद, शहंशाही; देशोंको उपनिवेशोंके रूपमें पराधीन रखनेकी नीति, अन्तर्देशीय व्यापार आदिके लिए ब्रिटिश साम्राज्यके विभिन्न देशोंका संघ।
imperialist n. सम्राट् भक्त; साम्राज्यवादी, साम्राजिक शासनका पक्षपाती; ब्रिटिश साम्राज्यवादका पक्षपाती।
imperialistic a. साम्राज्यवादीय, साम्राज्य-सम्बन्धी, शाही।
imperiality n. सम्राट्शासन, सम्राट्तन्त्र; सम्राडधिकार, राजाधिकार।
imperialize v.t. साम्राज्यमें सम्मिलित करना।
imperil v.t. आपद्ग्रस्त करना, संकटापन्न करना, आपत्तिमें डालना, जोखिममें डालना।
imperilment n. विपन्नता, भीति, संकट-ग्रस्तता, संकटापन्नता।
imperious a. दृप्त, धृष्ट, उद्धत, अभिमानी, ढीठ, हेकड़ीबाज, अत्याचारी, निरंकुश, घमण्डी; अनुपेक्षणीय, अनुलंघनीय, अत्यावश्यक, बहुत जरूरी।
imperiousness n. दर्प, दृप्ति, धृष्टता, औद्धत्य, अत्याचारिता, निरंकुशता, ढिठाई, हेकड़ी, घमण्ड; अत्यावश्यकता, अनुपेक्षणीयता, अनुलंघनीयता।
imperishability, imperishableness nn. अनश्वरता, अक्षरता।
imperishable a. अनश्वर, अक्षय्य, अव्यय, अविनाशी,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अमर, अक्षर ।

imperishableness n. दे० IMPERISHABILITY.

imperium n. परमसत्ता; निरपेक्ष शक्ति; आधिपत्य, प्रभुत्व, पूर्णाधिकार; साम्राज्य, अधिराज्य ।

impermanence, impermanency nn. नश्वरता, क्षणिकता, अस्थायित्व, अचिरता ।

impermanent a. अस्थिर, नश्वर, क्षणिक, अस्थायी, अचिर ।

impermeability, impermeableness nn. अनतिवेध्यता, अभेद्यता, अछेद्यता, अगम्यता, अप्रवेश्यता, दुर्गमता, गहनता, अपारगम्यता ।

impermeable a. अनतिवेध्य, अभेद्य, अछेद्य, अगम्य, अप्रवेश्य, दुर्गम, गहन, अपारगम्य ।

impermissible a. अनादेश्य, अननुज्ञेय, अनाज्ञेय, अवैध, अधर्म्य, अन्याय्य, अस्वीकार्य, अग्राह्य, अनुचित ।

imperscriptible a. लिखित प्रमाणहीन, जिसका कोई प्रमाण न हो ।

impersonal a. अवैयक्तिक; व्यक्तित्वहीन; अकर्तृक, अव्यक्तिवाचक; ~ verb भाववाच्य क्रिया, जैसे *it rains* में ।

impersonality n. व्यक्तित्वशून्यता; अव्यक्तिवाचकता, अकर्तृकत्व ।

impersonate[1] v.t. मूर्त्तीकरण करना, मानवीकरण करना, व्यक्तित्वका आरोप करना, शारीरिक रूपमें समुपस्थित करना; दूसरेका रूप धारण करना, भेष बदलना, जाली आदमी बनना, किसीके स्थानपर काम करना, पार्ट करना ।

impersonate[2] a. मानवरूप; छद्मवेषी, जाली ।

impersonation n. मूर्त्तीकरण, मानवीकरण, व्यक्तित्वारोपण; छद्म, वेषपरिवर्तन; छद्मव्यक्तिता ।

impersonative a. मूर्त्तीकरणसे सम्बन्धित, मानवीकरणसे सम्बन्धित, व्यक्तित्वारोपणसे सम्बन्धित, वेशपरिवर्तन-युक्त ।

impersonator n. मूर्त्तीकरण करनेवाला, मानवीकरण करनेवाला, व्यक्तित्वका आरोपण करनेवाला, वेष बदलनेवाला; (पात्रका) पार्ट करनेवाला ।

impersonify v.t. मूर्तीकरण करना, मानवीकरण करना, व्यक्तित्वारोपण करना ।

imperspicuity n. अस्पष्टता, संदिग्धता, अज्ञान, अन्धकार ।

impertinence n. धृष्टता, अशिष्टता, प्रगल्भता, असभ्यता, अविनय, ढिठाई, शेखी, गुस्ताखी; अनधिकार-प्रवेश, अप्रासंगिकता, असंगति, निरर्थकता ।

impertinency n. = IMPERTINENCE.

impertinent a. धृष्ट, अशिष्ट, प्रगल्भ, असभ्य, अविनीत, अक्खड़, ढीठ, गुस्ताख; अनधिकार-प्रवेश-सम्बन्धी, अप्रासंगिक, असंगत, निरर्थक ।

imperturbability, imperturbableness nn. शान्तचित्तता, स्थिरता, धीरता, उत्तेजना-हीनता, अविचलता, अक्षोभ्यता, विकारशून्यता ।

imperturbable a. शान्त, स्थिर, धीर, उत्तेजना-हीन, अविचल, अक्षोभ्य, निर्विकार ।

imperturbation n. शान्ति, स्थिरता, धीरता, अक्षोभ, अविचलता, विकारशून्यता, उत्तेजनाहीनता ।

imperturbed a. शान्त, स्थिर, धीर, अक्षुब्ध, अविचल, विकारशून्य, उत्तेजनाहीन ।

imperviability n. = IMPERVIOUSNESS.

impervious a. अप्रवेश्य, अभेद्य, अछेद्य इत्यादि (~ *coat, layer, shell, wall*) ।

imperviousness n. अभेद्यता, अछेद्यता, दुर्भेद्यता, अगम्यता, दुर्गमता, गहनता, अप्रवेश्यता ।

impetiginous a. फुंसी निकलनेवाले चर्मरोगसे ग्रस्त ।

impetigo n. एक प्रकारका चर्मरोग जिसमें फुंसियाँ निकलती हैं ।

impetrate v.t. प्रार्थना करके प्राप्त करना, चिरौरी-विनतीसे पाना; (क्व०) याचना करना, माँगना ।

impetration n. प्रार्थना द्वारा प्राप्ति; याचना, माँग-जाँच ।

impetrative a. प्रार्थना-प्राप्य, विनय-लभ्य, प्रार्थना या विनयसे पाने योग्य ।

impetratory a. प्रार्थना-लभ्य, विनयशील, याचनात्मक, चिरौरीवाला ।

impetuous a. अतिवेगशील, शीघ्रगामी, प्रचण्ड, उग्र, तीव्र, तीक्ष्ण, तेज; आशुकर्ता, बहुत जल्दबाज ।

impetuousness, impetuosity nn. अतिवेग-शीलता; शीघ्रगामिता, प्रचण्डता, उग्रता, तीव्रता, तीक्ष्णता, तेजी; आशुकर्तृत्व, जल्दबाजी ।

impetus n. बल, वेग, संवेग, आवेग, गतिशक्ति, तेजी; (ला०) प्रणोदन, प्रोत्साहन, प्रोत्तेजन, प्रेरणा ।

impi n. काफिर योद्धाओंकी एक टुकड़ी ।

impierceable a. अभेद्य, अछेद्य ।

impiety n. अधार्मिकता, अधर्मिता, नास्तिकता, भक्ति-हीनता, अपवित्रता, अश्रद्धा, अधर्मशीलता, पाप; कर्तव्य-शून्यता, अश्रद्धा, भक्तिशून्यता ।

impignorate v.t. बन्धक रखना, गिरवी रखना, गहने रखना, रेहन रखना ।

impignoration n. बन्धक, गिरवी, गहना, रेहन ।

impinge v. i. & t. धक्का खाना, टक्कर लगना, लड़ जाना, भिड़ जाना, टकराना; (v.t. प्रा०) धकियाना, धक्का देना, टकराना ।

impingement n. संघट्ट, धक्का, टक्कर ।

impious a. नास्तिक, अभक्त, अधार्मिक, अपवित्र, अपुण्यशील, भ्रष्ट, पापिष्ठ, देवनिन्दक, असाधु, दुष्ट ।

impiousness n. अधार्मिकता, अभक्ति, अपुण्यशीलता ।

impish a. पिशाचवत्, पिशाची, राक्षसी, शैतानी; शैतानकी तरह दुष्ट बालकसे सम्बन्धित, दुष्ट बालककी तरह ।

impishness n. पैशाचिकता, दुष्टता, शैतानी ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

implacability n. अप्रशम्यता, निष्ठुरता; अप्रसाद्यता।
implacable a. अनाराध्य, अप्रशम्य; कठोरहृदय, निष्ठुर, निर्दय; अप्रसाद्य।
implacableness n. = IMPLACABILITY.
implant v.t. प्रविष्ट करना, घुसेड़ना, गाड़ना; मस्तिष्क-में प्रतिष्ठापित कर देना, जमाना, मनमें बैठा देना; रोपना, लगाना, बोना।
implantation n. घुसेड़ना, गाड़ना; मनमें प्रतिष्ठापन; रोपना, लगाना, बोना।
implanted a. रोपित, कलम किया हुआ।
implate v.t. आच्छन्न करना, आवरण रखना, ढकना, बन्द करना; प्लेट रखना।
implausibility n. असत्यता; सन्दिग्धता, अवि-श्वास्यता, अविश्वस्तता।
implausible a. असत्य; सन्दिग्ध, अविश्वास्य, अविश्वस्त।
impleach v.t. अन्तर्वयन करना, बुनना, बुनाई करना।
implead v.t. अभियोग चलाना, नालिश करना।
impledge v.t. बन्धक रखना; गिरवी रखना, रेहन रखना।
implement[1] n. साधन, उपकरण, घरके सामान;(pl.) सामग्री, साजसामान, बोरियाबस्तर, उबुक-तुबुक; (विशे० pl.) उपस्कर, यन्त्र, हथियार, औजार।
implement[2] v.t. (मुख्यतः स्काट०) परिपालन करना, अनुबन्ध या ठीके आदिको पूरा करना; वादा पूरा करना, निबाहना; अभिपूर्त्ति करना, बढ़ाकर पूरा करना; कार्यान्वित करना।
implemental a. अभिपूरक, कार्यान्विति-सम्बन्धी, वादा निबाहनेसे सम्बन्धित।
implementation n. कार्यान्विति; अनुबन्धपूर्णता, अभिपूर्त्ति, परिपालन, वादेका पूरा होना।
implementiferous a. प्रागैतिहासिक यन्त्रयुक्त, अतिप्राचीन हथियारोंसे युक्त।
impletion n. पूर्णीकरण, परिपालन, कार्य्यान्वय; भरना, पूरा करना; पूर्णता, सम्पूर्णता, निःशेषता।
implex[1] n. जटिलता, पेच, उलझन।
implex[2] a. जटिल, पेचीदा, उलझा हुआ।
implexion n. जटिलता, पेच, उलझन।
implicate[1] n. उपलक्षित या ध्वनित वस्तु, निहित वस्तु।
implicate[2] v.t. आलिप्त करना, लपेटना, फँसाना, उलझाना, फाँस लेना; अर्थ निकालना, तात्पर्य निकालना, अनुमान निकालना; सम्मिलित करना, मिलाना।
implication n. उलझाव, फाँस, लपेट, उलझन, पेच; आशय, गूढ़ार्थ, निहितार्थ, तात्पर्य, फलितार्थ, भावार्थ, मतलब; अनुमान, संकेत।
implicative a. आनुमानिक, संकेत करनेवाला, तात्पर्य बतानेवाला।
implicit a. विद्यमान, उपस्थित, सन्निहित; उपलक्षित, गर्भित, संकेतित, अव्यक्त; निश्चित, निर्विवाद;
~faith ~ function, ~ relation.
implicitness n. सन्निहितत्व, उपलक्षण; भरोसा; सांकेतिकता; निश्चय।
implied a. सार्थक, अर्थयुक्त, साभिप्राय, अभिप्राय-युक्त, संकेतित, सूचित; निहित, अव्यक्त, अस्पष्ट; ध्वनित, उपलक्षित;
~ consent, ~ contract, ~ trust.
implode v.i. अन्तःस्फुटित होना, आभ्यन्तर विस्फोट होना, भीतर फटना; उच्चारणमें विस्फोट होना।
imploration n. अभ्यर्थना, याचना, प्रार्थना, विनय, घिघियाना, चिरौरी मिन्नत।
imploratory a. अभ्यर्थनीय, अभ्यर्थना-विषयक, याचना-सम्बन्धी; प्रार्थनीय, विनय-शील, चिरौरी-मिन्नत-सम्बन्धी।
implore v.t. अभ्यर्थना करना, याचना करना, माँगना; (किसी व्यक्तिको कोई काम करनेके लिए) प्रार्थना करना, अनुनय-विनय करना, घिघियाना, चिरौरी-मिन्नत करना।
implorer n. अभ्यर्थक, याचक; विनय करनेवाला, चिरौरी-मिन्नत करनेवाला।
imploring a. अभ्यर्थनापूर्ण, विनययुक्त, विनयी।
imploringness n. अभ्यर्थना, याचना; अनुनय, विनय, चिरौरी, मिन्नत।
implosion n. अन्तःस्फोट, अन्तर्विस्फोट, आभ्यन्तर विस्फोट, अन्दरकी ओर विस्फोट।
implosive a. अन्तःस्फोटनीय, अन्तर्विस्फोट्य, अन्दरकी ओर विस्फुटित होने योग्य।
imply v.t. अस्पष्ट होना, अव्यक्त होना; ध्वनित करना; उपलक्षित होना; अर्थ निकलना, तात्पर्य होना, अभिप्राय होना, संकेत करना, सूचित करना।
impocket v.t. जेबियाना, जेबमें रखना, पाकिटमें रखना।
impolder v.t. निम्न भूमिको जोतने-बोने योग्य बनाना; निम्नक्षेत्रको जोतना बोना, खेतिहर बनाना।
impolicy n. कुनीति, दुर्नीति; अनौचित्य।
impolite a. असभ्य, अभद्र, अशिष्ट, अनार्य, अविनीत, दुःशील, रूखा, उजड्ड, गँवार।
impoliteness n. असभ्यता, अभद्रता, अविनय, दुःशीलता, गँवारपन, उजड्डपन।
impolitic a. अनीतिज्ञ, अबुध, अविवेचक, विवेकहीन, अदूरदर्शी; अवैध, नीतिविरुद्ध, न्यायविरुद्ध, अनुचित।
imponderability n. अगुरुता, लघुता, सूक्ष्मता, निर्भारता, भारहीनता, अत्यन्त हलकापन; अकल्पनीयता।
imponderable[1] n. निर्भार वस्तु, बहुत हलकी चीज।
imponderable[2] a. लघु, सूक्ष्म, निर्भार, अगुरु, भारहीन, बहुत हलका; (ला०) अविचार्य, अकल्पनीय।
imponderableness n. = IMPONDERABILITY.
imponderous a. = IMPONDERABLE.
imponent[1] n. कार्य-निर्देशक व्यक्ति, निर्धारक।
imponent[2] a. कार्य-निर्देशक, निर्धारी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

imporous a. अछिद्रिल, अरन्ध्रिल, छिद्रविहीन, रन्ध्रहीन, बेछेद; दृढ़, ठोस।

import[1] n. उपलक्षित या ध्वनित वस्तु, आशय, तात्पर्य, अर्थ, ध्वनि, व्यंजना, अभिप्राय; महत्त्व, गुरुता; (pl.) आयात वस्तुएँ; आयात;
~ advisory council, ~ allocations, ~ bank, ~ certificate, ~ control enquiry committee, ~ control organization, ~ control permit, ~ control regulation, ~ control relaxation, ~ control schedule, ~ duty, ~ goods, ~-in-bond, ~ licence, ~ licence fee, ~ list, ~ merchant, ~ pass, ~ permit, ~ price, ~ quota, ~ restrictions, ~s commodities, ~ surplus, ~ tariff, ~ trade, ~ trade control.

import[2] v.t. आयात करना; अर्थ देना, संकेत करना, ध्वनित करना; अभिव्यक्त करना, प्रकट करना, जताना, बताना; प्रयोजनमय होना; महत्त्वपूर्ण होना (जैसे, *questions that ~ us nearly*)।

importability n. आयात करनेकी क्षमता।

importable a. आयात करने योग्य।

importance n. महत्त्व, गरिमा, गौरव, बड़प्पन; गुरुत्व, गुरुता, उत्कर्ष; प्रतिष्ठा, सम्मान; आडम्बर, दम्भ।

important* a. महत्त्वपूर्ण*, आवश्यक, गरिमामय, गौरवपूर्ण; गुरु, उत्कृष्ट; प्रतिष्ठित, सम्मानित; दम्भी।

importation n. आयात।

imported a. आयातित (*~ goods, ~ malaria*)।

importer n. आयातक, आयातकर्त्ता, आयात करनेवाला।

importunacy n. IMPORTUNITY.

importunate n. निर्बन्धशील, निर्बन्धपर, आग्रही, हठी, जिद्दी, बहुत पीछे पड़नेवाला; अत्यावश्यक, बहुत जरूरी।

importunateness n. = IMPORTUNITY.

importune v.t. निर्बन्धशील होना, अत्याग्रह करना, बहुत पीछे पड़ना, हठ करके माँगना, चिरौरी-मिन्नत करना।

importuner n. निर्बन्धशील व्यक्ति, अतियाचनापर व्यक्ति, दृढ़ाग्रही व्यक्ति, धिधियानेवाला पुरुष, चिरौरी-मिन्नत करनेवाला आदमी।

importunity n. निर्बन्धशीलता, दृढ़ाग्रह, अतियाचना, हठ, जिद्द; अत्यावश्यकता, बहुत जरूरत।

imposable a. लगाने योग्य, रखने योग्य, लादने योग्य।

impose v.t. स्थापित करना, किसी वस्तुके ऊपर रखना; छपाईके लिए फर्मा सजाना, टाइपके पन्नोंको क्रमबद्ध करके फर्मेमें लगाना; (टैक्स, कर्तव्य, दोष, दायित्व आदि) आरोपित करना, थोपना; प्रभाव डालना; अवसर प्राप्त करना; प्रतारित करना, ठगना, धोखा देना; लगाना (*~ fine, restriction*) *~ on, upon* (किसी व्यक्तिसे) लाभ उठाना, ठगना, आँखोंमें धूल झोंकना।

imposer n. प्रभाव डालनेवाला; (अपनी बात इत्यादि) लादनेवाला।

imposing १. a. चित्ताकर्षक, प्रभावशाली, प्रभावोत्पादक; छली, ठग, धोखा देनेवाला; २. n. टाइपका फर्मा जोड़ना (*~ stone*)।

imposingness n. प्रभावशीलता, प्रभावपूर्णता, रोब, धाक।

imposition n. ऊपर रखना; फर्मेमें सजाना; (गिरजाकी प्रथाओंमें) हस्तनिक्षेपण, सिरपर हाथ रखना; भार, बोझा; कर, दण्ड, टैक्स, महसूल, लगान; प्रतारणा, कपट, छल, धोखा; (बोल० संक्षिप्त *impo, impot.*) पाठशालामें दण्ड स्वरूप दिया जानेवाला कार्य।

impossibility n. असंभावना, असंभवता, असाध्यता, अशक्यता, अकरणीयता, दुष्करता, कठिनता।

impossible a. असाध्य, अशक्य, अकरणीय; प्रायः *it* के साथ कर्त्ता रूपमें प्रयुक्त (जैसे, *it is ~ to alter them*); असंभव; (शिथिल अर्थोंमें) दुष्कर, दुःसाध्य, कठिन; (बोल०) अतिक्रोधी, असहिष्णु, अतिनृशंस (जैसे, *an ~ hat, person*)।

impost[1] n. स्तम्भका ऊर्ध्व भाग, खम्भेका सिरा।

impost[2] n. शुल्क, कर, लाभकर, महसूल, चुंगी, लाग, टैक्स; (घुड़दौड़) वह भार जो निर्बल घोड़ेको आगे बढ़नेका अवसर देनेके लिए बलवान् घोड़ेपर रखा जावे।

impostor n. पाखण्डी, बगुला भगत, रँगा सियार; वंचक, छद्मवेषी, छली, धूर्त्त, कपटी, ठग, धोखेबाज।

impostrous a. रँगे सियारके तुल्य; छलयुक्त, धूर्त्ततापूर्ण, कपटीकी तरह, वंचककी भाँति।

impostumate v. i. एकत्र होना, इकट्ठा होना; फोड़ा होना, फुंसी होना; फोड़े-फुंसीसे प्रभावित होना।

impostumation n. एकत्रण, इकट्ठा होना; फोड़ा होना, फुंसी होना इत्यादि।

impostume n. फोड़ा, फुंसी।

imposture n. पाखण्ड, प्रतारणा, वंचना, कपट, छल, छद्म, ठगबाजी, दगाबाजी।

impotence, -cy nn. निःसत्त्वता, शक्तिहीनता, दुर्बलता; असहायता, निरुपायता, बेबसी, लाचारी; पुंस्त्वहीनता, क्लैब्य, नपुंसकता, नामर्दी।

impotent a. निःसत्त्व, शक्तिहीन, अशक्त, निर्बल, दुर्बल; वशीभूत, असहाय, निरुपाय, बेबस, बेचारा; पुंस्त्वहीन, क्लीव, नपुंसक, नामर्द।

impound v.t. निरोधालयमें घेर देना, मवेशीखाना या काँजीहाउसमें बन्द कर देना; निरुद्ध करना, रोकना, बाँध रखना; कानूनी ढंगसे अधिकारमें लेना, छीन लेना; अधिकृत कर लेना, कब्जेमें करना।

impounding n. रोधन, बन्द करना।

impoverish v.t. निर्धन कर देना, दरिद्र बना देना, कंगालकर देना; निरुपाय कर देना, साधनहीन बनाना।

impoverished a. दरिद्रीयित, निर्धनीकृत, कंगाल

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

या भिखारी बना दिया गया; सीण, निरुपाय, साधनहीन; ऊसर।

impoverisher n. निर्धनीकर्ता, भिखारी बना देनेवाला व्यक्ति; क्षायक, क्षीणकारी; ऊसर बना देनेवाला।

impoverishment n. दारिद्र्य, निर्धनता, धननाश, धनक्षय; परिक्षीणता, शक्तिक्षय, शक्तिहीनता।

impracticability, impracticableness nn. अनुपपाद्यता, अव्यावहारिकता, अव्यवहार्यता; अशक्यता, असाध्यता, दुष्करता, दुर्गमता, अगम्यता।

impracticable a. अनुपपाद्य, अव्यावहारिक, अव्यवहार्य, दुर्व्यवहार्य; अशक्य, असाध्य, दुष्कर, दुर्गम, अगम।

impracticableness n. दे० IMPRACTICABILITY.

impractical ⊙ a. असाध्य, अकरणीय; अनुपपाद्य, अव्यवहार्य।

imprecate v.t. अभिशंसन करना, शाप या अभिशाप देना, सरापना, कोसना।

imprecation n. अभिशंसन, अभिशाप, आक्रोश, अमंगल प्रार्थना, सरापना, कोसना।

imprecatory a. शापयुक्त, अभिशंसनात्मक, अभिशापात्मक।

imprecision n. अयथार्थता; अस्पष्टता; अशुद्धता; अपरिच्छिन्नता; अतथ्यता।

impregnability n. अजेयता, अभेद्यता, अनाक्रम्यता, दुराक्रमता।

impregnable a. अजेय, दुर्जेय, अभेद्य, अनाक्रम्य, दुराक्रम्य।

impregnate[1] v.t. गर्भवती करना; (प्राणि वि०) स्त्रीके जननकोश या बीजको उर्वर बनाना; पूर्ण करना, भर देना, व्याप्त कर देना; (भाव, नैतिक गुण आदि) नस-नसमें भरना, कूट-कूटकर भरना।

impregnate[2], **-ed** aa. गर्भवती, गाभिन; गर्भित, निहित।

impregnation n. गर्भाधान, उर्वरीकरण, व्याप्तीकरण, नस-नसमें भरना, कूट-कूटकर भरना।

impresario n. संयोजक, प्रबन्धक, संचालक, साधारण नाट्य-गान प्रभृतिका परिचालक।

imprescriptibility n. अहस्तान्तरणीयता, अहस्तान्तरकरणीयता; बाह्यप्रभुता-मुक्ति, बाह्यशासनसे छुटकारा।

imprescriptible a. अहस्तान्तरणीय, अहस्तान्तरकरणीय; अन्यप्रभुता-मुक्त, सिद्ध (~ *rights*)।

impress[1] n. मुद्रीकरण; मुद्रा, चिह्न, छाप, ठप्पा, मुहर, सील, स्टैम्प; (ला०) वैशिष्ट्य, विशेषता, प्रमुख लक्षण।

impress[2] v.t. मुद्रित करना, छाप लगाना, ठप्पा मारना, नम्बर लगाना; अंकित करना, चिह्नित करना; (विचार आदि) चित्तनिष्ठ करना, हृदयस्थ करना, मस्तिष्कमें बैठा देना; अतिप्रभावित करना, गहरा प्रभाव डालना, दबाना, रोब जमाना।

impress[3] v.t. स्थल या जलसेनामें नौकरी करनेके लिए बाध्य करना; जनहितके लिए छीनना, जब्त करना; तर्कके रूपमें प्रयुक्त करना।

impressed a. चिह्नित, अंकित, मुद्रित, छपा हुआ (~ *stamp*); प्रभावित।

impressibility n. प्रभावशीलता, प्रभावोत्पादकता।

impressible a. प्रभाव्य; प्रभावशाली, प्रभावोत्पादक।

impression n. चित्रीकरण, अंकन, ठप्पा, छापा, दाग; चिह्न, अंक, छाप; मुद्रा, मुहर; संस्करण, एक बारमें छपी हुई प्रतियाँ; प्रभाव, असर; विचार, धारणा, मत, राय (जैसे, *that is my* ~; *I was under the* ~ *that*)।

impressionability n. प्रभाव्यता, सरलतासे प्रभावित होनेका गुण।

impressionable a. प्रभाव्य, सरलताके साथ प्रभावित।

impressionism n. प्रभाववाद, चित्रण या लेखनकी विशेष शैली।

impressionist n. ~ic a. प्रभाववादी।

impressive a. चित्ताकर्षक, हृदयहारी, हृदयस्पर्शी, प्रभावशाली, प्रभावोत्पादक।

impressiveness n. चित्ताकर्षण, हृदयस्पर्शिता, प्रभावशालिता, छाप।

impressment n. बलात् अधिकार, बलात्कार, जब्ती।

imprest n. अग्रदाय, अग्रिम धन, (सरकारी कार्यके लिए पेशगी दिया गया धन)।

imprimatur n. (ला०) अनुज्ञप्ति, स्वीकृति, सम्मोदन; मुद्रणके लिए अनुज्ञापत्र।

imprimis adv. प्रथम स्थानमें, पहले, पहली बार।

imprint[1] n. अंक, चिह्न, छापा, ठप्पा, मुहर; publisher's, printer's, ~ पुस्तकके प्रारम्भ या अन्तमें प्रकाशक एवं मुद्रकका नाम पता आदि।

imprint[2] v.t. विचार आदि अंकित करना, मस्तिष्कमें बैठा देना, मनमें जमा देना; ठप्पा करना, मुहर करना; (गुणों आदिकी) छाप लगा देना।

imprison v.t. कारावास देना, बन्दी बनाना, जेलखानेमें डालना, कैद करना; घेर लेना, बन्द करना।

imprisonable a. कारावास्य, जेलमें बन्द करने योग्य।

imprisoned a. कारावासित, कैदमें बन्द।

imprisonment n. कारावास, कारारोध, बन्दीकरण; कैद, बन्दीखाना, जेल, जेलखाना।

improbability n. असम्भाव्यता, अघटनीयता, दुर्घटता।

improbable a. असम्भाव्य, अघटनीय, दुर्घट।

improbity n. असाधुता, दुष्टता, बदमाशी, शरारत, बेईमानी; कैतव, कुटिलता, कपट, धूर्तता, मक्कारी।

impromptu[1] n. सद्यःस्फूर्त कविता, अपूर्वचिन्तित रचना, आशुकविता।

impromptu[2] a. = EXTÉMPORE, आशु, सद्यःस्फूर्त, अपूर्वचिन्तित।

improper a. अशुद्ध, गलत; अयुक्त, अनुचित, असंगत, अशिष्ट, अश्लील, अशोभनीय;
~ discharge, ~ felling, ~ fraction, ~ liberties.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

impropriate[1] v.t. पादरीकी सम्पत्तिको अनुयोजित करना; गिरजेकी सम्पत्तिको दूसरोंको देना; गबन करना।

impropriate[2] a. गिरजेसे अनुयोजित की गयी।

impropriation n. गबन; गिरजेकी सम्पत्तिकी अनुयुक्ति।

impropriator n. वह व्यक्ति जो गिरजेकी सम्पत्ति अनुयोजित करे।

impropriety n. अनौचित्य, अनुपपत्ति, अयुक्तता; अयोग्यता; अशुद्धि, गलती; अभद्रता, अशिष्टता, अश्लीलता।

improvability, improvableness nn. उन्नेयता, संस्कार्यता, सुधार होनेकी योग्यता; कृषि-योग्यता।

improvable a. उन्नेय, संस्कार्य, उन्नति या सुधार करने योग्य; कृषि योग्य।

improve v.t. & i. उत्कृष्ट बनाना, उन्नत बनना, सुधारना, सँवारना; उन्नति करना, सुधरना, सँवरना; बढ़ना, चढ़ना; अवसरका सदुपयोग करना; (अवसरपर) सदुपदेश देना; शिक्षा देना; ~ *away* सुधार करके छुट्टी पाना; ~ *upon* उत्कृष्ट बनाना, सजाना, सँवारना, सुधारना।

improved a. सुद्धृत, संस्कृत, समुन्नत, उत्कृष्ट, सुधारा हुआ (~ *land, method*)।

improvement n. सुधार; उन्नति, समुन्नति, समुत्कर्ष; ~ committee, ~ cutting, ~ felling, ~ felling series, ~ scheme, ~ system, ~ trust, ~ work, ~ working circle.

improver n. उन्नत करनेवाला, सँवारनेवाला, सुधारनेवाला; वह व्यक्ति जो व्यवसायको सीखनेके लिए थोड़े पारिश्रमिकपर कार्य करे।

improvidence n. अविचार, अदूरदर्शिता, विचार-विमर्शशून्यता, असावधानी; अमितव्ययिता, फिजूलखर्ची।

improvident a. अविमृश्यकारी, अदूरदर्शी, मूढ़; असावधान, लापरवाह; अपव्ययी, अमितव्ययी, फिजूल खर्च।

improving a. वर्द्धमान, विकासमान, अच्छा होना या होनेवाला।

improvisate v.t. आशु कविता करना, तत्क्षण कविता करना; एकत्रित करना, इकट्ठा करना।

improvisation n. एकत्रीकरण; तत्क्षण कविता करना।

improvisator n. आशु कवि।

improvisatory, improvisatorial aa. आशु-काव्यात्मक; एकत्रीकरणात्मक।

improv(v)isatrice n. आशु कविता।

improvise v.i. = IMPROVISATE.

improviser n. आशु कवि।

imprudence n. अविचक्षणता, अविवेक, अविचार, असावधानी।

imprudent a. अविचक्षण, अविवेकी, असावधान।

impuberty n. अपक्वता, अपरिपक्वता, अप्रौढ़ता, कच्चापन।

impubescent a. अपक्व, अपरिपक्व, अप्रौढ़, कच्चा।

impudence n. धृष्टता, अविनय, प्रगल्भता, निर्लज्जता; दुर्विनय, अविनयशीलता, ढिठाई।

impudent a. धृष्ट, प्रगल्भ; निष्त्रप, व्रीड़ाहीन, निर्लज्ज, ढीठ, बेहया, बेशर्म; दुर्विनीत, अविनयशील।

impudicity n. अशिष्टता, अभद्रता; निष्त्रपत्व, व्रीड़ा-शून्यता, निर्लज्जता।

impugn v.t. शब्दकी चोट करना, कथा या तर्क द्वारा आक्रमण करना; दोषारोपण करना; प्रतिवाद करना, अपलाप करना, विपरीत बोलना, रद्द करना, काटना।

impugnable a. प्रतिवाद्य, खण्डनीय, विरोध या आपत्ति करने योग्य।

impugnment n. शब्द-प्रहार; प्रतिवाद, खण्डन, अपलाप, विरोध, आपत्ति।

impuissance n. निःसत्त्वता, सत्त्वहीनता; निर्बलता, कमजोरी; लाचारी, बेबसी।

impuissant a. निःसत्व, सत्त्वहीन, निर्बल, कमजोर लाचार, बेबस।

impulse* n. प्रणोदन, प्रचोदन, अन्तःप्रेरणा, आवेग*, तरंग, मौज; प्रोत्साहन, प्रवर्तन, प्रवृत्ति; (गति०) प्रणोद, अत्यल्पकालीन वह वृहत् शक्ति जो असीम गति उत्पन्न करती है (जैसे, घनका आघात); मानसिक प्रोत्तेजना, मानसिक प्रेरणा; संवेग, आवेग, गति, चाल।

impulsion n. प्रणोदन, प्रचोदन, प्रोत्साहन; मानसिक प्रोत्तेजना, मानसिक प्रेरणा; संवेग, आवेग, गति, चाल।

impulsive a. प्रणोदनात्मक, आवेगी, मनोवेगपूर्ण, संवेगशील, आवेगशील; वेगानुवर्ती, सहसाप्रवर्ती।

impulsiveness n. प्रणोदनात्मकता, अन्तःप्रेरणा; संवेगशीलता, आवेगशीलता; मनस्तरंग।

impunity n. दण्डाभाव, दण्डमुक्ति, माफी; अहानि, अनपकार, अक्षति, अपीड़ा, बचाव।

impure a. गर्ह्य, निन्द्य; अमेध्य, अशुचि, अपवित्र, मलिन, मैला, गन्दा; (शा० एवं ला०) मिश्रित, मिलावटी, मिलुआ, निखालिस; दुरंगा, दूसरे रंगसे मिला हुआ।

impurity n. गर्ह्यता, कश्मलता, अमेध्यता, अशुचिता, अपवित्रता; मलिनता, मैल, मैलापन, गन्दगी; अपद्रव्यता, मिश्रण, मिलावट।

imputability, imputableness nn. आरोप्यता, सरपर मढ़नेकी योग्यता, थोपे जानेकी योग्यता।

imputable a. आरोप्य, सरपर मढ़ने योग्य, थोपने लायक।

imputation n. अध्यारोप, आरोपण, लांछन, गले मढ़ना।

imputative a. आरोपात्मक, गले मढ़ने या थोपनेसे सम्बन्धित।

impute v.t. अध्यारोपित करना; थोपना, लगाना, गले मढ़ना, सिर मढ़ना।

imputer n. आरोपक व्यक्ति, सिर मढ़नेवाला आदमी, थोपनेवाला।

imputrescible a. भ्रष्टाचारमुक्त, भ्रष्टाचाररहित।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

in[1] n. सत्तारूढ़ राजनैतिक दल; इतस्ततः विचरण, इधर-उधर घूमना; विवरण, ब्यौरा।

in[2] a. आभ्यन्तरिक, आन्तरिक, भीतरी (जैसे, *~ patient*)।

in[3] adv. भीतर, अन्दर (जैसे, *come ~, send him ~, walk ~, lock him ~*); भीतरकी ओर (जैसे, *a coat with the woolly side ~*); *be, keep, ~ with* मित्र होना, मैत्रीका व्यवहार होना; *before he had been ~ five minutes* (क्रिकेट) बल्लेबाजीके पाँच मिनट पहले; *breed ~ and ~* बार-बार उसी वंशमें; *burn, cut, rub, ~* किसी वस्तुको इतना जलाना, काटना, रगड़ना कि दूसरीमें प्रवेश कर जाय; *hem, cover, wall, (thing) ~* किसी वस्तुको घेर लेना, ढकना, बन्द कर देना; *~ and out* परिवर्तनके साथ, इधर-उधर, कभी अन्दर कभी बाहर; *~ for* (किसी विपत्तिमें) उलझा हुआ, फँसा हुआ; चक्करमें, फेरमें; प्रतियोगितामें व्यस्त; *~ with it* इसको भीतर ले जाओ; *keep the fire ~* आगको प्रज्वलित रखो; *put a notice ~* सूचना या नोटिस लिख डालिये; *throw ~ the harness* इसके अतिरिक्त, अलावा, ऊपरसे।

in*[4] prep. मध्य, में*, भीतरमें (जैसे, *in Europe*); वस्त्र आदि पहने (जैसे, *~ white shirt*); विकृत अंगसे (जैसे, *blind ~ one eye*); अनुपातमें (जैसे, *not one ~ a hundred*); उस संस्थामें जिसका कोई व्यक्ति सदस्य हो (जैसे, *~ the army*); अभौतिक क्षेत्रमें (जैसे, *~ politics*); स्थितिमें, (प्रायः मुहाविरेदार) (जैसे, *~ fetters, leading-strings, health, hope of, sorrow*); में व्यस्त (जैसे, *~ search of, ~ pursuance of*); इस रूपमें या व्यवस्था करके (जैसे, *sold ~ building-plots*); साधन या पदार्थसे (जैसे, *drank his health ~ a cup of ale*); अभिप्रायसे (जैसे, *~ reply to, ~ quest of, ~ honour of*); के समयमें (जैसे, *~ the day, ~ three months*); व्यक्तिके सामर्थ्य आदिमें (जैसे, *as far as ~ mel ies*); (गतिसूचक या परिवर्तनसूचक क्रियाओंके साथ) में (जैसे, *put it ~ your pocket, cut it ~ half*); परोक्ष कर्म और क्रियाके सम्बन्धका सूचक (जैसे, *believe ~, trust ~, shave ~, engage ~, rejoice ~*); (विशेषणों और संज्ञाओंके साथ) में (जैसे, *weak ~ algebra*) संख्या या मापमें (जैसे, *seven ~ number*); (क्रिया-विशेषणात्मक वाक्यांश बनानेके लिए) से, में (जैसे, *~ fact, ~ truth, ~ honour, ~ any case*); *~ accordance with* के अनुसार; *~ cash* नकद; *~ course of time* यथासमय; *~ order to* or *that* दे० ORDER; *~ pursuance of* के अनुसार; *~ regard to* के विषयमें, बारेमें; *~ so* (or *as*) *far as* यहाँतक कि, *~ that* इस कारण कि, क्योंकि, चूँकि; *not ~ it* ⊙ महत्त्वशून्य, प्रतियोगी।

inability n. अक्षमता, असामर्थ्य, अयोग्यता, नालायकी; अशक्ति, दौर्बल्य, शक्तिहीनता, निर्बलता; साधनशून्यता, विवशता, लाचारी, मजबूरी।

inabstinence n. अपरिवर्जन; अविरति, असंयम, भोगविलास, अमिताचार।

inaccessibility n. अगम्यता, अनुपगम्यता, गहनता, दुर्गमता, दुर्लभता।

inaccessible a. दुरासद, अनभिगम्य, दुष्प्राप्य, दुर्गम, गहन, अगम्य; अनुपगम्य, पहुँचके बाहर।

inaccessibleness n. = INACCESSIBILITY.

inaccuracy n. त्रुटि, अशुद्धि, अतथ्यता, अयथार्थता, भूल, गलती।

inaccurate a. त्रुटिपूर्ण, अपरिशुद्ध, अयथार्थ, वितथ, गलत।

inaction n. निर्व्यापारत्व, निर्व्यापृतत्व, अक्रियता, निष्क्रियता; अनुद्योग, आलस्य, मन्दता, सुस्ती, काहिली।

inactivate v.t. निष्क्रिय बना देना; आलसी बना देना; सुस्त या निठल्ला कर देना।

inactivation n. अकर्मीकरण, अकर्मण्यन।

inactive a. निर्व्यापार, निर्व्यापृत, अक्रिय, निष्क्रिय; अकर्मण्य, अनुद्योगी, अकर्मी, आलसी, सुस्त, बेकार।

inactivity n. निर्व्यापारत्व, निर्व्यापृतत्व, निष्क्रियता; अनुद्योग, आलस्य, सुस्ती, निठल्लापन।

inadaptability n. अनुयोज्यता-व्यवहारशून्यता, यथाकाल व्यवस्थित न होना, समयानुसार न मुड़ना या ढलना।

inadaptable a. = UNADAPTABLE.

inadequacy n. अननुरूपता, अननुकूलता, अक्षमता, अयोग्यता, असमर्थता; अपर्याप्तता, न्यूनता, अल्पता, (जैसे, *~ of price, of water*)।

inadequate a. अननुरूप, अननुकूल, अक्षम, अयोग्य, असमर्थ; अपर्याप्त, न्यून, अल्प।

inadequateness n. अननुरूपता, अननुकूलता, अक्षमता, अयोग्यता, असमर्थता; अपर्याप्ति, अल्पता।

inadherent a. अनभिलागी, असंसक्त, दृढ़ न रहने योग्य।

inadhesion n. अनभिलग्नता, अदृढ़ता; न चिपकना।

inadhesive a. अनासंज्य, न चिपकने योग्य।

inadmissibility n. अप्रवेश्यता, अनुपादेयता, अस्वीकार्यता, अग्राह्यता।

inadmissible a. अप्रवेश्य, अनुपादेय, अस्वीकार्य, अग्राह्य, अमान्य (जैसे, *~ evidence, value*)।

inadvertence, -cy nn. अनवधानता, असावधानी, अनवेक्षा, प्रमाद, चूक, भूल, लापरवाही।

inadvertent a. अनवधान, असावधान, अनवेक्ष, प्रमत्त, प्रमादी, लापरवाह; (कार्य) अनिच्छित, अविचारित, अचिन्तित।

inaffable a. उदासीन, असामाजिक; अशालीन।

inalienability n. अविच्छेद्यता, पृथक् करनेकी अयोग्यता, अहस्तान्तरणीयता।

inalienable a. अविच्छेद्य, अनन्यहार्य, अहस्तान्तरकरणीय, असंक्राम्य, जो पृथक् न किया जा सके।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

inalterability n. अपरिवर्तनीयता।
inalterable a. अपरिवर्तनीय।
inamorato n.(स्त्री० *-ta*) प्रणयी, प्रेमी, चहेता, आशिक।
inane a. रिक्त, शून्य, असार, निःसार, खाली; मतिहीन, अल्पमति; निर्बुद्धि, मूर्ख, मूढ़; गँवार, बेवकूफ; *the* ~ रिक्तता, खालीपन; अनन्त स्थल, असीम स्थान, अपार दूरी।
inanimate a. प्राणहीन, निर्जीव, मृत, बेजान, मुर्दा; जड़, अचेतन, विचेतन; मन्द, सुस्त, निठल्ला।
inanimation n. प्राणहीनता, निर्जीवता; जड़ता, अचेतनता; मन्दता, सुस्ती।
inanition n. परिक्षय, क्लान्ति, अवसन्नता, रिक्तता।
inanity n. प्राणहीनता, निर्जीवता, जड़ता, अचेतनता; मन्दता, सुस्ती, निकम्मापन।
inappeasable a. अतोषणीय, दुस्तोषणीय, दुराराध्य, शान्त न होने योग्य।
inappellable a. अपुनरावेद्य, जिसके विरुद्ध अपील न की जा सके।
inappetence n. अनिच्छा, इच्छाराहित्य, लालसाभाव, अभिलाषाशून्यता।
inappetent a. अनिच्छु, इच्छारहित, लालसाभावग्रस्त, अभिलाषाशून्य।
inapplicability n. अप्रयोज्यता, अनुपपन्नता, अनुपयोज्यता, अनौचित्य, अनुपयुक्ति।
inpplicable a. अप्रयोज्य, अनुपपन्न, अनुपयोज्य, अनुचित, अनुपयुक्त।
inapplication n. अप्रयोग, अनुपपत्ति, अनुपयोग।
inapposite a. अनुपयुक्त, असगत, विरुद्ध, विपरीत, बेमेल।
inappreciable a. अगोचर, अतिसूक्ष्म, नगण्य, तुच्छ; अनवधारणीय, अविवेच्य, अगम, अननुमेय, समझसे बाहर।
inappreciation n. उपेक्षा, अनादर, उचित मूल्यांकनकी अयोग्यता।
inappreciative a. उपेक्षात्मक, अनादरात्मक, अश्रद्धालु, अनुभूतिहीन, अबोध।
inapprehensible a. अग्राह्य, दुष्कर, कठिन, दुरूह, दिमागमें न चढ़ने योग्य।
inapprehensive a. = INAPPREHENSIBLE.
inapproachable a. दुरासद, दुर्गम, अगम्य, गहन, अप्रवेश्य।
inappropriate a. अनुपयुक्त, अनुचित, असंगत, बेमेल।
inappropriateness n. अनुपयुक्तता, असंगति, अनौचित्य।
inapt a. अयोग्य, अपटु, अप्रवीण, अदक्ष, अनुपयुक्त।
inaptitude, inaptness nn. अयोग्यता, अपटुता, अप्रवीणता, अदक्षता, अनुपयुक्तता।
inaptness n. दे० INAPTITUDE.
inarable a. अकर्षणीय, अकृष्य, जुताईके अयोग्य।
inarch v.t. पैवंद लगाना, दो वृक्षोंकी शाखाओंको बिना काटे कलम लगाना।
inarticulate a. मूक, गूँगा; स्पष्ट भाषणमें असमर्थ; (वाणी) अनुच्चरित, अस्पष्ट, अव्यक्त।
inarticulateness n. मूकता, गूँगापन, अव्यक्तता, अस्पष्टता।
inarticulation n. वाणीकी अस्पष्टता।
inartificial a. अकृत्रिम, सहज, सरल, स्वाभाविक; कला-कौशलहीन, भद्दा, भोंडा।
inartistic a. कलानभिज्ञ, कलाकौशलमें अप्रवीण; भद्दा, भोंडा, फूहड़, कलाकौशलके सिद्धान्तोंके विरुद्ध।
inasmuch adv. जहाँतक कि; ~ as क्योंकि, चूँकि, इससे, इस कारणसे।
inattention n. अनादर, अननुराग, बेरुखी; अनवधान, अमनोयोग, अवहेला, उपेक्षा, लापरवाही, गफलत।
inattentive a. आदरहीन, अनुरागहीन, बेरुख; अनवहित, अन्यमनस्क, अवहेला करनेवाला, उपेक्षा करनेवाला, बेसुध, लापरवाह।
inattentiveness n. अनादर, अनासक्ति, अनवधान, अवहेला, लापरवाही, बेरुखी।
inaudibility n. अश्राव्यता, कर्णागोचरता, न सुनायी पड़ना।
inaudible a. अश्रव्य, कर्णागोचर, न सुनायी पड़नेवाला।
inaugural[1] ⊙ a. उद्घाटन या अभिषेकके अवसरपर दिया गया व्याख्यान।
inaugural[2] a. उद्घाटनात्मक, प्रतिष्ठात्मक, अभिषेकात्मक; ~ function उद्घाटनोत्सव।
inaugurate v.t. उद्घाटन करना, प्रवेशानुष्ठान करना; आरम्भ करना, धूम-धामसे शुरू करना; यथाविधि पदपर प्रतिष्ठित करना, अधिकारमें निविष्ट करना।
inauguration n. उद्घाटन, प्रारम्भ, उपक्रमण, सूत्रपात, आरम्भ आदि; प्रतिष्ठापन; ~ grant उद्घाटन अनुदान।
inaugurator n. उद्घाटक, प्रतिष्ठापक, अधिकार-निवेशक, अभिषिक्ता, प्रवेशानुष्ठाता, उपक्रामक, सूत्रपात करनेवाला, आरम्भ करनेवाला।
inauguratory a. उद्घाटनात्मक, प्रतिष्ठापनात्मक, अधिकार-निवेशीय, अभिषेकात्मक, प्रवेशानुष्ठानात्मक, उपक्रमणात्मक, आरम्भिक।
inauspicious a. अशुभ, अमंगल, अभद्र, अकल्याण; अभागा, दुर्भाग्यशाली, अभाग्यसूचक, मनहूस।
inauspiciousness n. अशुभत्व, अमंगलत्व, अभद्रता, अकल्याण; दुर्भाग्यशालिता, अभागापन।
inbeing n. सहजता, जन्मजातता, नैसर्गिकता, स्वाभाविकता।
inboard a. & adv. अन्तस्पोत, अन्तस्पोतीय; जहाजके भीतर।
inborn a. अन्तर्भव, नैसर्गिक, स्वाभाविक, सहज, जन्मजात।
inbreak n. विस्फोट; धावा, घुसना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

inbreathe v.t. (शा० एवं ला०) भीतरकी ओर श्वास खींचना, श्वासके साथ अन्दरकी ओर खींचना।
inbred a. अन्तर्जात, नैसर्गिक, स्वाभाविक, सहज, जन्मजात।
inbreeding n. अन्तःप्रजनन, सजाति मैथन, ऐसे पशुओंसे नस्ल लेना जिनका निकट सम्बन्ध हो।
incalculability n. अगण्यता, असंख्यत्व, असीमता, अपारता, अनन्तता, अननुमेयता, अनिश्चितता, अस्थायित्व, दोलायमानता।
incalculable a. अगण्य, असंख्य, असीम, अपार, अनन्त, अनगिनत, बेहिसाब; अननुमेय, अनिश्चित, अस्थायी, अस्थिर, दोलायमान।
incalculableness n. अगण्यता, असंख्यता, अपारता, अनन्तता; दोलायमानता, अस्थिरता, अनिश्चितता।
incalescence n. तप्तता, उत्तप्तता।
incalescent a. तप्त, उत्तप्त।
incandesce v. i. & t. उत्तप्त होना, जलना, चमकना, दहकना; उत्तप्त करना, जलाना, चमकाना, दहकाना।
incandescence n. ज्वाला, दीप्ति, श्वेतोत्ताप, उच्चण्डता, प्रदीप्ति, चमक।
incandescent a. उष्णीभूत, उत्तप्त; श्वेतोत्तापदीप्त; (विद्युत तथा अन्य प्रकाश) तन्तु, रेशों आदिके जलनसे उत्पन्न।
incantation n. मन्त्र, माया, मन्त्रयोग, अभिचार, मन्तर, जादू, टोना।
incantatory a. मन्त्र-विषयक, माया-विषयक, योग-सम्बन्धी, अभिचार-सम्बन्धी, जादू-टोनेसे सम्बन्धित।
incapability n. संवेदनशून्यता, अग्रहणशीलता; अक्षमता, असमर्थता, अयोग्यता; अशक्ति, निर्बलता।
incapable a. संवेदनशून्य, अग्रहणशील; अक्षम, असमर्थ, अयोग्य; अशक्त, निर्बल (जैसे, *drunk and* ~)।
incapacious a. अविपुल, संकुचित, संकीर्ण, सँकरा, तंग, छोटा।
incapaciousness n. अविपुलता, संकोच, संकुचितता, संकीर्णता।
incapacitate v.t. अक्षम करना, असमर्थ बनाना, अशक्त करना, बेकार करना, कामका न रखना।
incapacitation n. अक्षमीकरण, अशक्तीकरण, असमर्थीकरण, बेकार करना।
incapacity n. वैधानिक अक्षमता या अयोग्यता; अक्षमता, अनर्हता, अपात्रता, अयोग्यता; असामर्थ्य, अशक्ति।
incarcerate v.t. कारावासमें रखना, कैदमें रखना, बन्दी करना।
incarceration n. बन्धन, बन्दीकरण; कारावास, जेल, कैद।
incarcerator n. कारावासमें रखनेवाला, कैद करनेवाला, जेलमें डालनेवाला।
incarnadine[1] v.t. चोखे लाल रंगमें रँगना।
incarnadine[2] a. अतिरक्त, चोखा लाल, गहरा लाल।
incarnate[1] v.t. सजीव मूर्त्ति होना; साकार रूपमें रखना, व्यावहारिक रूप देना; अवतार लेना, शरीर धारण करना; मांसयुक्त करना।
incarnate[2] a. मूर्त्त, मूर्त्तिमान्, देहवान्, शरीरी, शरीरबद्ध; देही, अवतीर्ण (जैसे, *he is an ~ fiend*); (p.p. के रूपमें प्रभु ईशु) देहयुक्त (जैसे, *was ~d by the Holy Ghost*)।
incarnation n. शरीरग्रहण, शरीरधारण, अवतार (जैसे, *the ~ of Christ*); मूर्त्तिमत्ता, सशरीरता, व्यक्तित्वारोपण।
incase v.t. धानीमें रखना, आधानमें डालना, डब्बेमें रखना, पेटीमें रखना; आवृत्त करना, आवेष्टित करना, मँढ़ना।
incatinate v.t. शृंखलाबद्ध करना, जंजीरोंमें कसना, बेड़ी पहनाना।
incaution n. अनवधान, असावधानी, प्रमाद, लापरवाही; अदूरदर्शिता।
incautious a. असावधान, अदूरदर्शी, प्रमादी, उतावला, लापरवाह।
incautiousness n. =INCAUTION.
incavate v.t. गर्त खोदना, गड्ढा बनाना।
incavation n. गर्त, गड्ढा।
incendiarism n. अग्निदहन, गृहदाह।
incendiary[1] n. (शा० एवं ला०) गृहदाही व्यक्ति, घरफूँक आदमी।
incendiary[2] n. दाहक, उत्तेजक, दाहक बम, विस्फोटक बम; गृहदाही मनुष्य, घरफूँक आदमी; लड़ाई-झगड़ा भड़कानेवाला व्यक्ति।
incendiary[3] a. दाहक, उत्तेजक, विस्फोटक; गृहदाही, घरफूँक; लड़ाई-झगड़ेको भड़कानेवाला, जलाऊ।
incensation n. तुरुष्कदाह, धूपदहन, धूपसे वासित करना, सुगन्धित करना।
incense[1] n. धूप, लोबान, आदि; धूप लोबान आदिका धुआँ; (ला०) चाटुकारी, चापलूसी।
incense[2] v.t. सुगन्धमें बसाना, महकाना, सुगन्धित करना, धुपाना; धूप लोबान आदि सुलगाना; धूप आदिकी धुईं देना।
incense[3] v.t. क्रुद्ध करना, रुष्ट करना, उत्तेजित करना, चिढ़ाना, गुस्सा दिलाना।
incensement n. रोष, क्रोध, गुस्सा; उत्तेजना, आवेश।
incensory n. धूपपात्र, धूपदानी।
incentive[1] n. प्रणोदन, उद्दीपन, अनुप्रेरणा, प्रोत्साहन, प्रवर्तन, उद्बोधन, उत्तेजना, उकसावा, बढ़ावा; कारण, निमित्त, हेतु।
incentive[2] a. प्रणोदक, प्रोत्साहक, उद्दीपक, अनुप्राणक, प्रवर्तक, उद्बोधक, उत्तेजक, उकसानेवाला।
incept v. t. & i. (प्राणिवि०) ग्रहण करना, चूस लेना, सोख लेना; (पूर्वतः कैम्ब्रिजमें) मास्टर या डाक्टर-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

का उपाधि-ग्रहण आरम्भ करना।

inception n. उपक्रम, प्रारम्भ, आरम्भ, शुरू; (कैम्ब्रिज वि०) उपाधिग्रहण।

inceptive[1] n. आरम्भसूचक क्रिया।

inceptive[2] a. आरम्भिक, आदिम, शुरूका; ~ verb आरम्भसूचक क्रिया।

inceptor n. मास्टर या डाक्टरकी उपाधि ग्रहण करनेवाला।

incertain a. अनिश्चित, सन्दिग्ध, सन्देहयुक्त।

incertitude n. अनैश्चित्य, सन्दिग्धता, अनिर्णय, शंका, विकल्प, अनिश्चय।

incessancy, incessantness nn. निरन्तरता, अविच्छिन्नता, सततता, अविरलता, अनवरतता।

incessant a. नित्य, निरन्तर, अविच्छिन्न, सतत, अविरल, अनवरत, लगातार (जैसे, ~ *rains*, ~ *tears* etc.)।

incest n. गोत्रगमन, अगम्यागमन, सगोत्र सम्भोग, व्यभिचार।

incestuous a. अगम्यागमनात्मक, व्यभिचारात्मक, गोत्रगामी, अगम्यागामी, सगोत्र व्यभिचारी; ~ brother स्वसृगामी; ~ son मातृगामी।

inch[1] n. इंच; एक इंच मोटे पारेको उठा देनेवाली मात्रा, अल्प-मात्रा; (pl.) कद, ऊँचाई (जैसे, *a man of your ~es*); *an ~ of cold iron* छुरी भोंक देना; *by ~es* मन्दशः, धीरे-धीरे, थोड़ा-थोड़ा करके; *every ~* पूर्णरूपसे; *flog* person *within an ~ of life* इतना पीटना कि मरणासन्न हो जाय; *~ by ~* धीरे-धीरे।

inch[2] n. छोटा द्वीप।

inch[3] v.t. & i. धीरे-धीरे खिसकना, इंच-इंच करके सरकना या सरकाना, थोड़ा-थोड़ा करके आगे बढ़ना।

inchastity n. असतीत्व, व्यभिचार, सतीत्वहीनता, छिनाला।

inchmeal adv. इंच-इंच करके, थोड़ा-थोड़ा; क्रमशः।

inchoate[1] v.t. आविष्कार करना, प्रारम्भ करना, शुरू करना।

inchoate[2] a. अपूर्ण, अधूरा, जिसका अभी-अभी आरम्भ किया गया हो; अविकसित, अप्रौढ़, अपरिपक्व।

inchoation n. विकास, आरम्भ, उपक्रम, जन्म, शुरूआत।

inchoative a. प्रारम्भिक, आदिम, शुरूका।

incidence n. (भौ०) आपात, आपतन; प्रभाव-सीमा, प्रभाव-क्षेत्र; घट्टन, घटना, स्थिति।

incident[1] n. घटना, वृत्त, वाकआ; प्रसंग, नाटक या काव्यमें उपाख्यान; (कानून) सम्पत्तिसे सम्बद्ध अधिकार; गौण घटना, गौण वृत्तान्त।

incident[2] a. आपाती, अनिवार्य, अनिवार्य रूपसे घटित होनेवाला; सम्बद्ध, सम्बन्धित; गिरनेवाला, ऊपरसे पड़नेवाला (प्रकाश आदि)।

incidental a. आनुषंगिक, नैमित्तिक, प्रासंगिक, अनावश्यक, आकस्मिक; घटनीय, होने योग्य; ~ music आनुषंगिक संगीत (नाटक खेलते समय प्रयुक्त)।

incinerate v.t. भस्मसात् करना, भस्मीभूत कर देना, राख कर देना, जलाकर खाक कर देना।

incineration n. निर्दहन, भस्मीकरण; जलाकर राख कर देना।

incinerator n. भस्मित्र, भस्मीभूत कर देनेवाला, जलाकर राख कर देनेवाला (चूल्हा या यन्त्र)।

incipience, -cy nn. प्रारम्भ, आरम्भ, उपक्रम, शुरूआत।

incipient a. आरब्ध, प्रारम्भिक, आरम्भिक, प्रथम, आदिम।

incircle v.t. वलयित करना, वलयवद्ध करना, घेरना, घेरेके अन्दर करना।

incise v.t. छेदन करना, चीरा देना, काटना; उत्कीर्ण करना, खोदना, नक्काशी करना।

incised a. छिन्न, चीरा दिया हुआ, काटा हुआ, खोदा हुआ (~ *wound*); नक्काशी किया हुआ।

incisiform a. चीरे जैसा, घाव जैसा, कटाव जैसा, कटाई जैसा।

incision, incisure nn. छेदन, चीरा, कटाव, घाव, कटाई; उत्कीर्णन, नक्काशी।

incisive a. (ला०) बुद्धिमान्, मतिमान्, तीक्ष्णबुद्धि; तीक्ष्ण, तीव्र, चुभनेवाला, तीखा, बारीक, तेज; काट देनेवाला, चीरनेवाला, घुसनेवाला।

incisor n. कर्त्तन-दन्त, अगला दाँत, सामनेसे काटनेवाले दाँतोंमेंसे कोई एक; छेदक (यन्त्र)।

incisorial a. तीक्ष्ण, तीव्र, तेज; चीरनेवाला, घुसनेवाला, काटनेवाला।

incisory a. कर्तनशील, काटनेके कामका, काटने योग्य बनाया गया।

incisure n. = INCISION.

incitant a. & n. प्रणोदक (व्यक्ति), प्रोत्साहक (व्यक्ति), उत्तेजक या भड़काऊ (पुरुष या वस्तु)।

incitation n. प्रवर्तन, प्रोत्साहन, प्रोत्तेजन, उकसाहट, उकसावा, उभाड़, भड़काव।

incite v.t. प्रवर्तित करना, उत्तेजित करना, उकसाना, उभाड़ना, भड़काना।

incitement n. दे० INCITATION.

inciter n. प्रणोदक-व्यक्ति, उत्तेजक पुरुष, उकसानेवाला व्यक्ति या वस्तु।

incivility n. असभ्यता, अशिष्टता, अशिष्टाचार, अभद्रता, अविनय, गँवारपन, रूक्षता, रुखाई, बदतमीजी।

incivilization n. असभ्यता, अशिष्टता, गँवारपन।

incivism n. अनागरिकता, फ्रांसीसी क्रान्तिके सिद्धान्तोंके प्रति अश्रद्धा।

inclearing n. भुगतान।

inclemency n. निष्ठुरता, उग्रता, प्रचण्डता, तीव्रता, तीक्ष्णता, कठोरता, कड़ाई।

inclement a. (ऋतु या जलवायु) निष्ठुर, निर्दय,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

उग्र, कठोर, तीव्र, प्रचण्ड, आँधी-पानीवाली ।

inclinable a. प्रवृत्त, नत, नम्य; अनुकूल, उपकारक ।

inclinableness n. प्रवृत्ति, नति, नम्यता; अनुकूलता, उपकारिता ।

inclination n. नति, प्रवृत्ति, प्रवणता, झुकाव, रुझान; शीलता, अभिरुचि, इच्छा, स्नेह, प्यार, चाह, शौक ।

incline[1] n. नति, ढाल ।

incline[2] v.t. & i. विनत होना, नत करना, रुझान होना, झुकाना, झुकना, मुड़ना, मोड़ना (जैसे, ~ *our hearts to keep this law*), प्रवृत्त होना या करना, प्रेरित होना या करना; शीर्षबिन्दुसे झुकाना या मोड़ना; ढलना, ढालना; ~d plane नत-विमान, यान्त्रिक-बल; ~ one's *ear* ध्यान देना, सहानुभूतिके साथ सुनना ।

inclinometer n. नतिमान, चुम्बकका झुकाव नापनेका एक प्रकारका यन्त्र ।

inclose v.t. = ENCLOSE.

inclosure n. = ENCLOSURE.

include v.t. अन्तर्भूत करना, समाविष्ट करना, अन्तर्गत करना, सम्मिलित करना, अन्तर्वर्ती करना, अभिव्याप्त करना, मिला लेना; जोड़ना, शामिल करना ।

included a. अन्तर्गणित, अन्तर्भूत, समाविष्ट, सम्मिलित ।

includible a. अन्तर्गणनीय, अन्तर्गमनीय, अन्तर्वर्तनीय, समावेश्य, शामिल करने लायक ।

inclusion n. अभिव्याप्ति, अन्तर्भाव, अन्तर्गणना, समावेश, सम्मेल ।

inclusive a. अन्तर्भूतकारी, सम्मिलित करनेवाला, अन्तर्भूत, समावेशित, सम्मिलित, सहित (जैसे, ~ *terms*) ।

inclusiveness n. अन्तर्गणन, अभिव्यापकत्व, समावेशन, अन्तर्भाव ।

incoagulable a. अनातंच्य, न जमनेवाला ।

incoercible a. अदम्य, अदमनीय, न दबने लायक ।

incog a., n. & adv. (INCOGNITO का संक्षिप्त रूप)।

incogitable a. अचिन्त्य, अविचार्य, अचिन्तनीय, अविचारणीय, विचार-क्षेत्रके बाहर ।

incogitant a. चिन्तनहीन, विचारविहीन ।

incogitative a. अचिन्तनशील, विचारविहीन; विचार-शक्तिरहित, अविचारशील ।

incognito[1] n. छद्मवेशी व्यक्ति; प्रच्छन्नरूप व्यक्ति, अलक्षित व्यक्ति, बहुरूपिया ।

incognito[2] a. अज्ञात, प्रच्छन्नरूप, गुप्तरूप ।

incognito[3] adv. अज्ञातरूपसे, प्रच्छन्नरूपसे, गुप्तरूपसे, भेस बदलकर, चोरी-छिपे ।

incognizable, incognisable aa. अबोध्य, अपरिज्ञेय, अगम्य, अज्ञेय ।

incognizance n. अनवधानता, अनभिज्ञता, अनजानपन, बेखबरी ।

incognizant n. अनवधान, अनभिज्ञ, अनजान, बेखबर ।

incognoscible a. अज्ञेय, दुर्विज्ञेय, ज्ञान-परिधिके बाहर ।

incoherence, -cy nn. असंगति, असम्बद्धता, असंलग्नता, संयोगाभाव ।

incoherent a. (शा० एवं ला०) असंगत, असम्बद्ध, असंलग्न, अनमेल, अण्डबण्ड ।

incohesive a. असंगत, असम्बद्ध, असंलग्न, अनमेल ।

incoincident a. असदृश, अननुरूप ।

incombustibility, incombustibleness nn. अदाह्यता, अदहनीयता, ज्वलनाक्षमता ।

incombustible a. दुर्दाह्य, अदाह्य, अदहनीय ।

income n. आय, धनागम, धनोदय, आमदनी; ~ accruing and arising प्रोद्भूत और उत्पन्न आय; ~-tax आय-कर; ~-tax return आय-कर प्रविवरण; ~-bearing plots, ~ list, ~ per capita, ~ rotation, ~ side.

incomer n. अन्तःप्रवेष्टा, भीतर आनेवाला; धृष्टागन्तुक, अनधिकार प्रवेश करनेवाला; आप्रवासी, आगन्तुक; उत्तरागन्तुक, उत्तराधिकारी ।

incoming[1] n. आगमन; (प्रायः बहु०) आय; आमदनी, धनागम ।

incoming[2] a. आप्रवासी; उत्तरागन्तुक, आगामी, आनेवाला; (लाभ) होनेवाला ।

incommensurability n. असंमेयता, अपरिमेयता, अतुलनीयता ।

incommensurable a. असंमेय, अपरिमेय, अतुलनीय, अपार ।

incommensurate a. असमानुपात, असंपरिमेय, अतुलनीय; अतुल, असमान; अप्रचुर, अपर्याप्त, थोड़ा, कम ।

incommensurateness n. अनुपानहीनता, असंपरिमेयता, अतुलनीयता, अतुलता, असमानता; अप्रचुरता, अपर्याप्तता, कमी ।

incommiscible a. = IMMISCIBLE.

incommode v.t. क्लेश देना, कष्ट देना, पीड़ा देना, दुःख देना, तंग करना, सताना, परेशान करना; विघ्न डालना, बाधा डालना, रुकावट डालना ।

incommodious a. अविस्तीर्ण, संकीर्ण, छोटा, तंग; असुविधाजनक; क्लेशमय, दुःखदायी, कष्टकर; अनुपयोगी, अनुपयुक्त ।

incommodiousness n. अविस्तीर्णता, संकीर्णता, छोटापन, तंगी; असुविधाजनकता; क्लेशमयता, कष्टमयता, अनुपयुक्तता ।

incommodity n. क्लेश, कष्ट, पीड़ा, दुःख; असुविधाजनक वस्तु, कष्टकर स्थिति = INCOMMODIOUSNESS.

incommunicability, incommunicableness nn. अप्रकाश्यता, अकथनीयता, अवाच्यता, अवर्णनीयता ।

incommunicable a. अप्रकाश्य, अकथनीय, अवाच्य, अवर्णनीय, अप्रेषणीय, अपरिवर्तनीय ।

incommunicado a. निरुद्ध, बन्द ।

incommunicative a. मिलन-विमुख; भाषण-विमुख,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

संलाप-विमुख; असामाजिक ।
incommunicativeness n. मिलनवीतस्पृहता; भाषण-विमुखता, संलाप-विमुखता; असामाजिकता ।
incommutable a. अविनिमेय; अपरिवर्तनीय ।
incompact a. ढीला, पतला, जो ठस न हो ।
incomparable a. अनुपम, निरुपम, अतुल, अतुलनीय, अद्वितीय; अनोखा, बेजोड़, लाजवाब ।
incomparableness n. अनुपमता, निरुपमता, अतुलता, अतुलनीयता, अद्वितीयता ।
incompatibility n. विसदृश्य, विरोध, असंगति, असम्बद्धता, अननुरूपता, अप्रासंगिकता ।
incompatible a. विसदृश, विरुद्ध, असंगत, असम्बद्ध, अननुरूप, अप्रासंगिक ।
incompatibleness n. = INCOMPATIBILITY.
incompetence, -cy nn. अक्षमता, असमर्थता, अयोग्यता, अनुपयुक्तता ।
incompetent a. अक्षम, असमर्थ, अयोग्य, अनुपयुक्त ।
incomplete a. अनिष्पन्न, असमाप्त, अपूर्ण, असमग्र, सावशेष, अधूरा ।
incompleteness n. अनिष्पन्नता, असमाप्ति, अपूर्णता, असमग्रता, अधूरापन ।
incompletion n. असमाप्ति, असम्पूर्णता ।
incomplex a. अजटिल, सरल, साधारण, सादा ।
incompliance n. अस्वीकृति, अननुरोध ।
incompliant a. निःसंकोची, कठोर प्रकृतिका ।
incomposite a. अयौगिक, अमिश्र, असंयुक्त, अलग ।
incomprehensibility, incomprehensibleness nn. अबोध्यता, अग्राह्यता, अगम्यता, दुर्बोधता, अज्ञेयता, अचिन्त्यता, गूढ़ता; असीमता, अपारता ।
incomprehensible a. अबोध्य, अग्राह्य, अगम्य, दुर्बोध, अज्ञेय, अचिन्त्य, गूढ़; अनन्त, असीम, अपार (n. के रूपमें भी जैसे, *three ~s*) ।
incomprehension n. अज्ञान, अबोध्यता, अगम्यता, दुर्बोध्यता, अज्ञेयता, अचिन्त्यता, गूढ़ता, असीमता, अपारता ।
incomprehensive a. संकीर्ण, सीमित, सीमाबद्ध, तंग ।
incompressibility n. असम्पीड्यता ।
incompressible a. असम्पीड्य, कड़ा, जो दबाया न जा सके ।
incomputable a. अगणित, अगण्य, असंख्य, अत्यधिक, बेहिसाब ।
inconceivability n. अचिन्तनीयता, अकल्पनीयता, अपूर्वता, विचित्रता ।
inconceivable a. अचिन्तनीय, अकल्पनीय, धारणा-शक्तिसे परे; अपूर्व, विचित्र ।
inconceivableness n. = INCONCEIVABILITY.
inconcinnity n. अप्रांजलता, अस्पष्टता; असंगति, असम्बद्धता, अननुरूपता, बेमेलपन ।
inconclusive a. अनिष्पत्तिकर, अमीमांसक, अनिर्णयात्मक, अनिर्णायक, अनिश्चायक, अनिर्णीत, सन्दिग्ध, गोलमाल ।
inconclusiveness n. अनिष्पत्ति, अमीमांसकता, अनिर्णय, सन्दिग्धता, अनिश्चय, सन्देहशीलता, ढुलमुल विश्वास ।
incondensability n. असंघन्यता, घनीभूत न होनेकी स्थिति, संहत न होनेकी योग्यता ।
incondensable n. असंघन्य; घनीभूत न होने योग्य, संहत न होने योग्य ।
incondite a. दुष्प्रणीत, दुर्लिखित; अशिष्ट, अभद्र, रुक्ष, रूखा, भद्दा ।
inconformable a. अननुरूप, बेमेल; असदृश, विसदृश, असमान, असम्बन्धनीय, अनम्र, अविनेय ।
inconformity n. = NONCONFORMITY; असादृश्य, विसदृशता, असम्बन्ध, असामंजस्य ।
incongealable a. न जमने लायक ।
incongruence n. = INCONGRUITY.
incongruent a. असंगत, असंबद्ध, बेजोड़, अनमेल ।
incongruity n. असंगति, असम्बद्धता, अननुरूपता, विरोध, असामंजस्य, विरुद्धता; अप्रासंगिकता, अप्रस्तुतता, विषमता, भद्दापन, बेतुकापन, बेढंगापन ।
incongruous a. विसंगत, असम्बद्ध, असदृश, अननुरूप, बेमेल; विरुद्ध, विरोधी, असम्बद्ध, अप्रासंगिक, विषम, भद्दा, बेढंगा, बेडौल, बेमेल, बेतुका ।
incongruousness n. = INCONGRUITY.
inconscient a. विसंज्ञ, संज्ञाहीन, मूर्च्छित ।
inconsecutive a. क्रमविच्युत, असतत, विरल, पृथक्, असम्बद्ध, विच्छिन्न, अलग ।
inconsecutiveness n. क्रमविच्युति, क्रमहीनता; अप्रासंगिकता, सातत्यहीनता, विरलता ।
inconsequence n. क्रमच्युति, असंगति; अप्रासंगिकता ।
inconsequent a. क्रमच्युत, क्रमहीन, असंगत; अप्रासंगिक, बेसिरपैर; तुच्छ, मामूली ।
inconsequentiality n. क्रमविच्युति, क्रमहीनता, असंगति, अप्रासंगिकता ।
inconsequential a. क्रमविच्युत, क्रमहीन, असंगत, अप्रासंगिक ।
inconsiderable a. नगण्य, तुच्छ, लघु, छोटा, दो कौड़ीका ।
inconsiderableness n. नगण्यता, तुच्छता, लघुता, छोटापन ।
inconsiderate a. अविमर्शी, अविवेकी, निर्बुद्धि, विचारशून्य, निष्ठुर, कठोर, भावनाशून्य ।
inconsiderateness, inconsideration nn. अविमर्श, अविवेक, विचारशून्यता, निष्ठुरता, भावनाशून्यता ।
inconsistence, -cy nn. असंलग्नता, असंगति, असामंजस्य, अप्रासंगिकता, विरोध ।
inconsistent a. असंलग्न, असंगत, असमंजस

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अप्रासंगिक, विपरीत, बेमेल, बेजोड़ (~ *statement*)।

inconsolable a. अप्रबोधनीय, असान्त्वनीय, अधैर्यशील।

inconsonance n. असंगति, बेसुरापन, बेतालापन।

inconsonant a. असंगत, बेसुरा, बेताला।

inconspicuous a. अस्पष्ट, अप्रकट, गुप्त, असंलक्ष्य; (वन०) हलके रंगका, पीला या हरा।

inconspicuousness n. अस्पष्टता, अप्रकटता, असंलक्ष्यता; पीलापन, हरापन।

inconstancy n. चांचल्य, अस्थिरता, चलचित्तता; परिवर्तनशीलता; नियमशून्यता।

inconstant a. चंचल, अस्थिर, चलचित्त; परिवर्तनशील; अनियमित।

inconsumable a. अदाह्य, अप्रज्वाल्य, अविनश्वर; अनुपभोज्य, अनुपयोज्य।

incontaminate a. अदूषित, पवित्र।

incontestable a. अविसंवादी; अकाट्य, स्वीकार्य, निःसन्देह; निर्विवाद, अविवदनीय।

incontinence, -cy nn. असंयतता; कामातुरता, व्यभिचार, असंयम; लम्पटता।

incontinent a. असंयत, व्यभिचारी, अवशी, असंयमी, लम्पट।

incontinuity n. अनिरन्तरता, असम्बद्धता, अधाराबाहिकता, रुकाव।

incontrollable a. अशम्य, अशमनीय, अदम्य, अदमनीय, दुर्दमनीय, अनियन्त्रित।

incontrovertible a. अखण्डनीय, अविसंवादी, निर्विवाद, अप्रत्याख्येय, निर्विरोध।

inconvenience[1], **-cy** nn. असुविधा, सुयोगाभाव, क्लेश, कष्ट, दिक्कत; अस्वच्छन्दता।

inconvenience[2] v.t. असुविधा पहुँचाना, क्लेश पहुँचाना, कष्ट देना।

inconvenient a. असुविधाजनक, असुखकर, अनुपयोगी, क्लेशवर्द्धक।

inconvertibility n. अपरिवर्तनीयता, (कागजी मुद्रा) अविनिमेयता।

inconvertible a. अपरिवर्त्य, अपरिवर्तनीय, (कागजी मुद्रा) अविनिमेय, अविनिमयसाध्य।

inconvincible a. विश्वासोत्पादनमें असमर्थ, अविश्वस्त, अप्रतीतव्य, जिसे सन्तुष्ट न किया जा सके।

incoordination n. असमकक्षता, असमानता, विषमता।

incorporable a. संयोज्य, समावेश्य, सम्मिश्रणीय, सम्मेलनीय, एकीकरणीय।

incorporate[1] v.t. & i. सम्मिलित करना या संयुक्त होना, संयुक्त करना, सम्मिश्रित करना या होना; एकत्र करना, जुटाना, मिलाना, शामिल करना या होना; संस्थान या निगम स्थापित करना, निगमित करना।

incorporate[2] a. संयुक्त, समाविष्ट, सम्मिश्रित; सम्मेलित, एकीभूत, संघीभूत; निगमित, संस्थापित।

incorporated a. संस्थापित, निगमित (~ *company*)।

incorporation n. संस्थापन, निगमन, संयोग, समावेश, सम्मिश्रण, सम्मेलन।

incorporative a. संयोजी, समावेशी, सम्मिश्रक, सम्मेलक, संयोजनशील।

incorporeal a. स्पर्शागोचर, अशरीरी, निराकार; आध्यात्मिक; अवास्तविक, अभौतिक, अपार्थिव।

incorporeality n. = INCORPOREITY.

incorporeity n. अशरीरित्व, निराकारत्व; अभौतिकता, अपार्थिवता।

incorrect a. वितथ, अतथ्य, सदोष, दोषमय, अनुपयुक्त, अनुचित, अशुद्ध, गलत, झूठा।

incorrectness n. असत्यता, वितथता, अतथ्यता, दोषमयता, अनुपयुक्तता, अशुद्धता, झूठ।

incorrigibility n. असंशोधनीयता, अशोध्यता, असाध्यता, अप्रतिसमाधेयता।

incorrigible a. असंशोधनीय, अशोध्य, असाध्य, अप्रतिसमाधेय।

incorrigibleness n. = INCORRIGIBILITY.

incorrupt a. शुद्ध, अदोष, निष्कलंक, अकलुषित, पवित्र; अनुत्कोच्य; (बाइ०) नित्य, अनादि, अनन्त, सनातन।

incorruptibility n. शुद्धता, अदोष, निष्कलंकता, पवित्रता, अनुत्कोच्यता।

incorruptible a. शुद्ध, अदूषणीय, पवित्र, खरा, अनुत्कोच्य; (बाइ०) नित्य, अनादि, अनन्त, सनातन।

incorruption n. शुद्धता, अभ्रष्टता, निष्कलंकता, अनुत्कोच्यता; (बाइबिल) नित्यता, अनादित्व, अनन्तता, सनातनत्व।

incorruptness n. = INCORRUPTION.

incrassate a. स्थूलीयित, स्थूलीकृत, मोटा बनाया हुआ; स्थूल, गाढ़ा, मोटा।

incrassation n. स्थूलीयन, स्थूलीकरण; स्थूलता, मुटापा।

increasable a. विस्तीर्य, वर्द्धनीय।

increase[1] n. वृद्धि, विस्तार, बढ़ती, बढ़ोतरी; संख्यावृद्धि, परिवर्धित योग; (उपज इत्यादि) बढ़ा हुआ परिमाण; *on the* ~ उन्नतिकी ओर, तरक्कीपर।

increase[2]* v. i. & t. अधिक होना, बड़ा होना; संख्यावृद्धि करना या होना, वंशवृद्धि करना या होना; उन्नत करना या होना, बढ़ना या बढ़ाना*, प्रगाढ़ करना।

increased a. वर्धित, बढ़ा हुआ।

increasing a. विस्तीर्यमान, वर्द्धमान, बढ़नेवाला।

increate a. अनिर्मित; दिव्य, दैवी, ईश्वरीय।

increative a. निर्मित्यक्षम, निर्माणाक्षम, अजननशील, बनानेमें असमर्थ।

incredibility, incredibleness nn. अविश्वसनीयता, अप्रामाणिकता।

incredible a. अविश्वसनीय, अविश्वास्य; अप्रमाण।

incredibleness n. अविश्वास्यता, अविश्वसनीयता;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अविश्वासजनकता ।

incredulity, -lousness nn. अविश्वासशीलता, सन्दिग्धता ।

incredulous a. अविश्वासशील, अप्रत्ययी, सन्देहशील ।

increment n. स्फीति, वृद्धि, विस्तार; स्फीतियोग, वृद्धिमात्रा; लाभ, नफा, मुनाफा, फायदा; unearned ~ अनर्जित वृद्धि;
~ borer, ~ curve, ~ felling, ~ gauge, ~ measure, ~ percent, ~ register.

incremental a. स्फीत्यात्मक, वृद्धिशील; लाभ-सम्बन्धी, मुनाफेका ।

increscent a. वर्द्धनशील, बढ़नेवाला ।

incriminate v.t. अभिशस्त करना, दोषारोपण करना, अभियोग लगाना, अपराधी ठहराना; अभियोगमें फँसाना, अपराधमें जकड़ना ।

incriminating a. अभिशंसी ।

incrimination n. अभिशंसन, अभियोजन, दोषारोपण ।

incriminatory a. अपराधात्मक, अभिशंसक, अभियोगात्मक ।

incross a. अन्तःप्रजनित ।

incrust v.t. आवृत्त करना, पपड़ी चढ़ाना ।

incrustation n. आवरण, परत, कड़ा लेप, मकानमें संगमरमर आदिकी तह; (ला०) स्वभावमें दृढ़ता ।

incubate v.t. & i. अण्डे सेना, अण्डोंपर बैठना ।

incubation n. उद्भवन, अण्डे सेना; (पवित्रात्माका) चिन्तन; (निदान०) निलायन, रोगकी प्रारम्भिक अवस्था ।

incubative, incubatory aa. अण्डपोषणसे सम्बन्धित, अण्डे सेनेवाला ।

incubator n. ऊष्मक, ताप-संचालनीय अण्डस्फोटन-यन्त्र, इन्क्यूबेटर ।

incubus n. दुःस्वप्न, दुःस्वप्नकी भाँति सतानेवाला व्यक्ति या वस्तु ।

inculcate v.t. अन्तर्निविष्ट करना, पुनः पुनः समझाना, मस्तिष्कमें बैठा देना, जमाना ।

inculcation n. अन्तर्निविष्टि, मनमें बैठाना, समझाना, दिलमें जमाना ।

inculcator n. अन्तर्निवेशक, मनमें बैठानेवाला, समझानेवाला ।

inculpable a. अनिन्द्य, निष्कलंक, अकलंक, निर्दोष ।

inculpate v.t. अभिशस्त करना, दोषारोपण करना, अपराध लगाना, अपराधमें फँसाना, अभियोगमें रगड़ना ।

inculpation n. अभिशंसन, दोषारोपण, अपराध लगाना, अभियोगमें फँसाव ।

inculpatory a. अभिशंसी, दोषारोपणसे सम्बन्धित, अपराध लगानेवाला, अभियोगमें फँसानेवाला ।

incult a. अकृष्ट, परती; अशिष्ट, असभ्य, अविनीत, उद्धत, रूखा ।

incumbency n. कार्यभार, पदाधिकार; भार, बाध्यता; कार्यकाल, पादरीका इलाका ।

incumbent[1] n. पदग्राही, पदधारी, भारवाही पादरी, धार्मिक पदका अधिकारी ।

incumbent[2] a. धारक; उचित, अत्यावश्यक, बहुत जरूरी; अवश्यकरणीय, कर्तव्य रूपमें; आश्रित, निर्भर, (जैसे, *it is ~ on you to warn them*) ।

incumbered a. भारग्रस्त, ऋणभारग्रस्त (*~ estate*) ।

incumbrance n. = ENCUMBRANCE.

incunable n. sing. दे० INCUNABULA.

incunabula n. (pl.) प्रारम्भिक युग या अवस्था; जन्मस्थान; (sing. *incunabulum*) आरम्भिक मुद्रण, १५०१ के पूर्वकी मुद्रित पुस्तकें ।

incur v.t. ग्रस्त होना, अपने ऊपर लेना, उठाना, (खतरे इत्यादिमें) स्वयको डालना; ~ cost :खर्च करना ।

incurability, incurableness n. असाध्यता, अशमनीयता, असमाधेयता, अपरिहार्यता ।

incurable[1] n. असाध्य या अशमनीय पुरुष, दुरुपचार्य या दुस्साध्य जन; अप्रतिकार्य या अपरिहार्य मनुष्य ।

incurable[2] a. अचिकित्स्य, असाध्य (जैसे, *~ disease*); अशमनीय, असमाधेय, अपरिहार्य ।

incurableness n. = INCURABILITY.

incuriosity n. जिज्ञासाराहित्य, अनुत्सुकता, अकुतूहलत्व; अरुचिकरता, अप्रियता; लापरवाही ।

incurious a. जिज्ञासारहित, अनुत्सुक, कुतूहलरहित; अरुचिकर, अप्रिय (प्रायः *not ~*); असावधान, लापरवाह ।

incuriousness n. = INCURIOSITY.

incurrable a. किया जाने योग्य; (कानून) उठाया जाने योग्य, लिया जाने योग्य ।

incurrence n. (कानून) दायित्व, भारवहन, जिम्मेदारी लेना; (जीववि०) अन्तर्वाहिता ।

incursion n. क्षिप्राक्रमण, अचानक आक्रमण, अभियान, आक्रमण, धावा, चढ़ाई, हमला ।

incursive a. अभियानात्मक, आक्रमणसम्बन्धी, धावेका ।

incurvate[1] a. अन्तर्वक्र, आकुंचित, आनत, झुका हुआ, मुड़ा हुआ ।

incurvate[2] v.t. आकुंचित करना, आनत करना, झुकाना, लचाना, मोड़ना ।

incurvation n. अन्तर्वक्रता, आकुंचन, आनति, झुकाव, मोड़ ।

incurvature n. = INCURVATION.

incurve[1] n. अन्तर्वक्रता ।

incurve[2] v.t. अन्तर्वक्र कर देना, अन्दरकी ओर झुका देना, वक्र करना, नवा देना, मोड़ना, झुकाना ।

incurvity n. = INCURVATION.

incus n. निघाति, निघाति-अस्थिका, कानकी एक महीन हड्डी ।

incuse[1] n. मुद्राचिह्न, सिक्केपर लगा हुआ ठप्पा ।

incuse[2] v.t. मुद्रित करना, चिह्नित करना, अंकित करना, ठप्पा लगाना ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

incuse[3] a. मुद्रित, चिह्नित, अंकित, ठप्पा लगाया हुआ।
incut a. (विशे० छपाईमें) बीचमें भरा गया; काटकर रखा गया, काटकर बिठाया गया।
indagate v.t. ढूँढ़ना, खोजना, पता लगाना।
indebted a. ऋणग्रस्त, ऋणी, देनदार, कर्जदार; अनुगृहीत, कृतज्ञ, उपकृत, अहसानमन्द; बाधित।
indebtedness n. ऋणिता, ऋणग्रस्तता, कर्जदारी; अनुगृहीतत्व, कृतज्ञता, अहसान; बाध्यता।
indecency n. अशिष्टता, अभद्रता, ग्राम्यता; अश्लीलता; अशोभनत्व, अनुपयुक्तता, अनौचित्य।
indecent a. अशिष्ट, अभद्र, ग्राम्य; अश्लील; अशोभन, अनुपयुक्त, अनुचित।
indeciduous a. अप्रपाती, नित्यपत्री, स्थायी, सदा हरा-भरा।
indecipherable a. दुर्बोध्य, अस्पष्ट, अपाठ्य, दुर्वाच्य।
indecision n. अनिर्णय, विकल्प, वितर्क, संशय, सन्देह, असमंजस, दुविधा।
indecisive a. अनिर्णयात्मक, अनिर्णीत, अनिश्चित, सन्दिग्ध, दोलायमान, दुविधापूर्ण, संशयात्मक; अस्थिर, ढुलमुल, डावाँडोल।
indecisiveness n. अनिर्णयात्मकता, अनैश्चित्य, सन्दिग्धता, दोलायमानता, अस्थिरता, दुविधापूर्णता, संशयात्मकता, डावाँडोल स्थिति।
indeclinable a. अविभक्तिक, अव्यय, अविकार्य।
indecomposable a. अविश्लेषणीय, अविभाज्य, अविच्छेद्य, दृढ़सम्बद्ध।
indecorous a. अनुचित, अनुपयुक्त; अशिष्ट, अभद्र, ग्राम्य, बेहूदा।
indecorousness n. अनौचित्य, अनुपयुक्ति; अशिष्टता, अभद्रता, ग्राम्यता, बेहूदापन।
indecorum n. = INDECOROUSNESS.
indeed[1] adv. यथार्थतः, वस्तुतः, सचमुच (जैसे, *he was, ~, a remarkable man*); अवश्य, निस्सन्देह (*I shall be very glad ~*); क्यों नहीं !–व्यंगात्मक रूपमें दुहराते हुए (जैसे, *who is this Mr. Smith ?–who is he, ~ !*); स्वीकारात्मक रूपमें, अवश्यमेव, निश्चय, ठीक (जैसे, *there are ~ exceptions*); (प्रश्न०) अच्छा !, सचमुच ?, ऐसा ?
indeed[2] int. व्यंग, घृणा, अविश्वास आदिका द्योतक (जैसे वाह !, जी हाँ !, और क्या !, हो न हो !)।
indefatigability, indefatigableness nn. अध्यवसाय, अश्रान्ति, अक्लान्ति, अशिथिलता, अनथकपन।
indefatigable a. अध्यवसायी, अश्रान्त, अक्लान्त, अशिथिल, अनथक।
indefeasibility n. अपराजेयता, अपरिहार्यता, अत्याज्यता, अव्यर्थता।
indefeasible a. अपराजेय, अपरिहार्य, अजेय, अत्याज्य, अशून्यीकार्य, अलोप्य (विशे० *~ right*)।
indefectible a. त्रुटिरहित, निर्दोष; अक्षुण्ण, अक्षय।
indefensibility n. अपरित्राणीयता, अरक्षणीयता, असमर्थनीयता।
indefensible a. अपरित्राणीय, अरक्षणीय, असमर्थनीय।
indefinable a. अवर्णनीय, अवाच्य, अभाष्य, परिभाषा-रहित।
indefinite a. अस्पष्ट, अनिर्धारित, अनिश्चित, अनिर्दिष्ट, सन्दिग्ध, गोलमोल; असीम, निःसीम, बेहद; *~ article* अंग्रेजीमें a, an।
indefiniteness, indefinitude nn. अस्पष्टता, अनिर्धारण, अनिर्दिष्टता, सन्दिग्धता, गोलमाल।
indehiscent a. (वन०) अव्यानमुख, अस्फुटनशील, अस्फोटी, स्फोटशून्य, बन्द।
indeliberate a. अपूर्व-चिन्तित, अपूर्व-विचारित, बिना समझे-बूझे, अनजानेमें।
indelibility n. अनपनेयता, अमोचनीयता, अलोप्यता, अमिट होना, पक्का होना।
indelible a. अनपनेय, अलोप्य, अमिट, पक्का।
indelicacy n. अशिष्टता, धृष्टता; ग्राम्यता, रूखापन, भद्दापन; अविनय, अश्लीलता, निर्लज्जता; अकुशलता, अनाड़ीपन, फूहड़पन।
indelicate a. अशिष्ट, धृष्ट; ग्राम्य, रूखा, फूहड़, भद्दा; अविनीत, अश्लील, निर्लज्ज; अकुशल, अनाड़ी, भोंदू।
indemnification n. क्षतिपूर्ति, हर्जाना; वैधानिक उत्तरदायित्वसे मुक्ति, माफी।
indemnify v.t. क्षतिपूर्ति करना, क्षतिनिष्कृति करना, तावान भरना, हानिसे बचानेकी जमानत देना, हर्जाना देना; रक्षा करना, बचाना; वैध उत्तरदायित्वसे मुक्त करना।
indemnitee n. क्षतिपूर्ति पानेवाला, हर्जाना पानेवाला।
indemnitor n. क्षतिपूर्ति करनेवाला, हर्जाना देनेवाला।
indemnity n. क्षतिपूरण, क्षतिपूर्ति, निष्कृति, हानि-रक्षा, हर्जाना; *~ bond* क्षतिपूर बन्ध।
indemonstrable a. अप्रतिपाद्य, प्रमाणातीत, असाध्य।
indent[1] n. दन्तीकरण, गहरा दरार, गड्ढा, छेद, खाँचा, खुट्टा, दरज।
indent[2] n. प्रतिज्ञापत्र, नियमपत्र, कारनामा; माँगपत्र, सामान मँगानेके लिए सरकारी अधियाचन; माल मँगानेके लिए विदेशी आज्ञापत्र, व्यापारी वस्तुओंका व्यादेश;
~ checker, ~-keeper, ~ number, ~ register.
indent[3] v.t. & i. वक्ररेखा द्वारा प्रलेख या दस्तावेज-को दो भागोंमें विभक्त करना; दोहरा प्रलेख या दस्तावेज तैयार करना; (मुद्र०) परिच्छेद आरम्भ करनेके लिए हाशियेसे हटकर छापना; (लिखित) अधियाचन करना; व्यादेश देना, प्रतिज्ञापत्र द्वारा माल मँगानेकी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

आज्ञा देना।

indent[4] v.t. दाँते बनाना, दाँतेदार बनाना; चिह्नित करना, ठप्पा मारना, मुहर लगाना।

indentation n. दन्तीकरण, दन्तुरीकरण; दाँता, कटाव; वक्ररेखा; (छपाई) छूट; तट इत्यादिपर गहरी दरार।

indented a. दन्तीकृत, दन्तुरीकृत, दाँतेदार, कटावदार।

indenter n. पाँचा (एक दाँतेदार यन्त्र)।

indention n. दन्तुरीकरण, दनदाना, दाँता; (परिच्छेद सूचित करनेके लिए) छूटदार हाशिया; सागर-तटपरकी गहरी दरार।

indentor n. व्यादेशक, (प्रतिज्ञापत्र द्वारा माल मँगानेकी आज्ञा देनेवाला)।

indenture[1] n. दन्तुरीकरण, दनदाना, दाँता; समविभक्त प्रालेख, बराबर भागोंमें बँटा हुआ दस्तावेज; अनुबन्धपत्र, इकरारनामा, मुद्रित प्रतिज्ञापत्र या इकरारनामा; तालिका, वस्तु-सूची, प्रमाणपत्र।

indenture[2] v.t. प्रतिज्ञापत्र या इकरारनामे द्वारा बाँधना, वचनबद्ध करना; सेवाकी अवधि-समाप्तिपर प्रतिज्ञा-पत्र वापस ले लेना।

independence n. स्वतन्त्रता, स्वाधीनता, आजादी; स्वतन्त्र आय, व्यक्तिगत आमदनी; I~ Day स्वतन्त्रता-दिवस; ~ league स्वतन्त्रता-संघ।

independency n. = CONGREGATIONALISM; स्वतन्त्र राज्य, स्वतन्त्र देश।

independent[1] n. स्वतन्त्र राजनीतिक-व्यक्ति; गिरजा-घरकी स्वतन्त्रताका पक्षपाती।

independent[2] a. स्वतन्त्र, स्वाधीन, आजाद; अनाश्रित, अपरवश, अपराधीन; जिसे जीविकोपार्जनकी आवश्यकता न हो; किसीके आभारको न लेनेवाला; ~ assortment, ~ authority, ~ brigade area, ~ charge, ~ comparison, ~ contract, ~ coordinates, ~ covenant, ~ day, ~ division, ~ events, ~ frequencies, ~ income, ~ party, ~ survey, ~ variation, ~ work.

indescribability n. अस्पष्टता, अनिश्चितता; वर्णनातीतत्व, अकथनीयता, अनिर्वाच्यता।

indescribable a. अस्पष्ट, अनिश्चित; वर्णनातीत, अकथनीय, अनिर्वाच्य, अकथ।

indestructibility n. अक्षय्यता, अनश्वरता, अमरता, अविनाशिता।

indestructible a. अक्षय्य, अनश्वर, अमर, अविनाशी।

indeterminable a. अनिश्चेय, अनिर्धार्य; (झगड़ा इत्या०) अनिर्णेय।

innumerable a. अगणित, असंख्य, अनगिनत, बेहिसाब।

innumerous a. = INNUMERABLE.

innutrition n. पोषणाभाव, अपुष्टि, पोषणाहारका अभाव।

innutritious a. पोषणाक्षम, पोषणासमर्थ, अपौष्टिक।

innutritive a. = INNUTRITIOUS.

inobservance n. (कानून) उपेक्षा, अवज्ञा, अवहेला, अपालन, उल्लंघन, लापरवाही; प्रमाद, अनवधान, ध्यानशून्यता, मनोयोगहीनता।

inobservant a. (कानून) उपेक्षी, अवज्ञापर, अवहेलक, लापरवाह; प्रमादी, अनवहित, ध्यानशून्य, मनोयोगहीन।

inobtrusive a. = UNOBTRUSIVE.

inoccupation n. वृत्तिराहित्य, व्यापारशून्यता, व्यवसायहीनता, कार्याभाव।

inoculable a. अन्तःक्रामणीय, टीका लगाने योग्य; कलम करने योग्य, पेवन्द लगाने योग्य।

inoculate v. टीका लगाना; (मनमें) निवेशित करना; कलम करना, पेवन्द लगाना।

inoculated a. अन्तःक्रामित; टीकेमें लगी हुई (~ *tube*)।

inoculation n. अन्तःक्रामण, टीका; कलम, पेवन्द;
~ certificate book, ~ syringe, ~ table, ~ work.

inoculative a. अन्तःक्रामणीय, टीका लगानेसे सम्बन्धित, टीकेवाला; कलम या पेवन्द लगानेका।

inoculator n. टीका लगानेवाला, कलम या पेवन्द

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

लगानेवाला।

inoculatory a. टीका-सम्बन्धी, कलम या पेवन्दसे सम्बन्धित।

inodorous a. गन्धविहीन, निर्गन्ध, बेबास।

inoffensive a. निरापद, आपत्तिरहित; अबाधक, अहिंस्र, अनुपद्रवी, अक्लेशद।

inoffensiveness n. निरापत्ति, आपत्तिराहित्य; अबाधकता, अहिंस्रता, अनुपद्रवता, अक्लेशप्रदता।

inofficious a. (कानून) अनैतिक; कर्तव्योदासीन, कर्तव्यहीन, अप्रवृत्त, निर्व्यापार, निष्कार्य, निष्प्रयोजन।

inoperable a. जिसका आपरेशन न किया जा सके।

inoperative a. अप्रवर्ती, प्रभावहीन, विफल, निष्फल, व्यर्थ, अकार्यसाधक, बेकार।

inoperculate a. पिधानहीन, अपिहित, आवरणशून्य, बिना ढक्कनका।

inopportune a. अप्राप्तकाल, असामयिक, अकालिक, बेमौका।

inopportuneness n. अप्राप्तकालत्व, असामयिकता, अकालिकता।

inordinacy n. = INORDINATENESS; अनियमित कार्य, नियमशून्य कर्म।

inordinate a. अतिमात्र, अपरिमित, अमित, अत्यधिक, बेहद; अमिताचारी, असंयमी; अस्तव्यस्त, अव्यवस्थित, क्रमशून्य।

inordinateness, inordination nn. नियमभ्रंश, संयमच्युति, अनियम, नियमाभाव।

inorganic a. (रसा०) अप्रांगारिक, विजातीय, अकार्बोनिक; निर्जीव, जड़, अप्राणी, अंगरहित।

inorganization n. अव्यस्था, संगठनाभाव, कुप्रबन्ध।

inornate a. अनलंकृत, अभूषित, असज्जित, भद्दा।

inosculate v.i. & t. जुड़ना, मिलना, जोड़ मिलाना, मुँह मिलना या मिलाना; (रेशे आदिका) घना हो जाना, गछ जाना; (रेशे आदिका) घना करना, गछना।

inosculation n. योजन, योग, जुड़ना, मिलना, मुँह मिलना, (रेशे आदिका) गछ जाना, गछ देना।

inpouring[1] n. वर्षण, उमड़ करके आना; वृद्धि।

inpouring[2] a. बरसनेवाला, उमड़कर आनेवाला; जमा होनेवाला।

input n. (यन्त्र०) बल।

inquest n. अनुसन्धान, अन्वीक्षण, देख-भाल, जाँच, तहकीकात; अपमृत्यु-समीक्षा, विचारणा; न्यायपरीक्षा, मरणान्वेषण, कारोनर द्वारा जाँच-पड़ताल; *grand* ~ महान् न्यायसभ्य, महान् जूरी; *great, last,* ~ अन्तिम निर्णय; *grand* ~ *of the nation* लोक-सभा, जनसभा, हाउस ऑव् कामन्स।

inquietude n. मनस्ताप, चित्तवेदना, वैकल्प, उद्वेग, आकुलता, बेकली, बेचैनी।

inquiline[1] n. दूसरेके बाड़ेमें रहनेवाला पशु।

inquiline[2] a. परगृहवासी, दूसरेके घरमें रहनेवाला।

inquilinous a. परगृहवासी, दूसरेके घरमें रहनेवाला।

inquirable a. अनुसन्धेय, अन्वीक्षा-योग्य, खोज करने योग्य; परिप्रश्नीय, प्रश्न-योग्य, सवाल करने योग्य, पता लगाने योग्य।

inquire, en- v.i. & t. अनुसन्धान करना, खोज करना; प्रश्न करना, सवाल करना, जाँच करना; पूछताछ करना, पता लगाना, तहकीकात करना; ~ *after, for, him* उसका क्या समाचार है; ~ *into* निरीक्षण करना।

inquirendo n. अनुसन्धानाधिकार, खोजका अधिकार।

inquirer n. अनुसन्धाता, खोज करनेवाला, पता लगानेवाला।

inquiring a. अनुसन्धानात्मक, खोजपूर्ण, खोजी।

inquiry n. अनुसन्धान, अन्वेषण, जाँच, खोज; परिपृच्छा, परिप्रश्न; पता, पूछताछ, जाँच-पड़ताल, तहकीकात; *court of* ~ सैनिक आदिके विरुद्ध अभियोग-अन्वेषक न्यायालय; *make* ~*ies* अनुसन्धान करना, अन्वेषण करना, जाँच करना, छान-बीन करना।

inquisition n. अनुयोग, परीक्षण, अन्वेषण, खोज; राजकीय पृच्छा, जाँच, कानूनी या सरकारी तहकीकात, जाँच-पड़ताल; Court of I~ (ईसाई) जाँच-न्यायालय।

inquisitional a. अनुसन्धानात्मक, पृच्छामूलक, खोज-सम्बन्धी, पूछताछ-सम्बन्धी, तहकीकाती।

inquisitive a. जिज्ञासु, ज्ञानेप्सु, कौतुकवान्, प्रश्नशील, जाननेको उत्सुक; छानबीन करनेवाला, तलाश या टोह करनेवाला।

inquisitiveness n. जिज्ञासा, ज्ञानेप्सा, कौतुक, कुतूहल, प्रश्नशीलता।

inquisitor n. अन्वेषणाधिकारी।

inquisitorial a. अन्वेषकीय, अन्वेषणात्मक, परिशोधकीय, अन्वेषकसदृश; छान-बीन करनेवाला, तलाश करनेवाला, टोह लगानेवाला।

inroad n. आक्रमण, धावा, हमला; (ला०) हस्तक्षेप, अतिक्रमण।

inrush n. रेलपेल, भीड़-भाड़, धक्कम-धक्का।

insalivate v.t. (भोजनको) लारसे तर करना, लारयुक्त करना।

insalivation n. (कृषि) खाद्यलार-मिश्रण, लारयुक्त करना।

insalubrious a. (जलवायु या स्थान) अक्षेमकर, अहित, अनारोग्य, अस्वास्थ्यकर।

insalubrity n. अक्षेमकारिता, अक्षेम्यता, अहित, अनारोग्यता, अस्वास्थ्य।

insane a. विक्षिप्त, उन्मत्त, उन्मादी, दीवाना, पागल; भ्रान्तचित्त, हतबुद्धि, हतज्ञान, मूढ़, नासमझ; ~ delusion, ~ patient, ~ person.

insaneness n. = INSANITY.

insanitary a. अस्वच्छ, अस्वास्थ्यकारी, गन्दा (~ *area*)।

insanitation n. अस्वच्छता, अस्वास्थ्यकारिता, गन्दगी, स्वास्थ्यकर उपायोंकी कमी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

insanity n. मानसरोग, विक्षिप्ति, विक्षिप्तता, उन्मत्तता, उन्माद, दीवानापन, पागलपन; भ्रान्तचित्तता, बुद्धिहीनता, अज्ञान, मूढ़ता, नासमझी।

insatiability, insatiableness nn. अतोषणीयता, अतृप्यता, अतर्पणीयता, दुस्तोष्यता; अतिलोलुपता, अतिलोभ, अतिलुब्धता।

insatiable a. अतोषणीय, अतृप्य, अतर्पणीय, दुस्तोष्य; अतिलोलुप, अतिलोभी, अतिलुब्ध।

insatiate a. अतृप्त, दुस्तोष्य, असन्तुष्ट।

insaturable a. अननुवेध्य, अपूर्य।

inscience n. अज्ञता, अनभिज्ञता, मूर्खता, अनाड़ीपन।

inscient[1] a. अज्ञ, अनभिज्ञ, ज्ञानहीन, मूर्ख, अनाड़ी।

inscient[2] a. अन्तर्दृष्टि-युक्त, अन्तर्द्रष्टा, अन्तर्ज्ञानी, अन्तर्यामी।

inscribable a. अन्तःरेखणीय, जो दूसरी आकृतिके भीतर खींची जा सके।

inscribe v.t. रेखित करना, उत्कीर्ण करना, टंकण करना, नक्काशी करना, लिखना; (नाम) अंकित करना; चिह्नित करना; अंश रूपमें (ऋण) देना (जैसे, *~d stock*)।

inscriber n. अभिरेखक, शिलालेखक, मुद्रालेखक।

inscription n. अभिलेख, शिलालेख, मुद्रालेख; अंशरूपमें ऋण-दान।

inscriptional, inscriptive aa. अभिलेखीय, शिलालेखीय, मुद्रालेखीय।

inscrutability, inscrutableness nn. अभेद्यता, अछेद्यता, अगाधत्व, दुर्गाह्यता, अतर्क्यता, अचिन्त्यता, गहनता, दुर्ज्ञेयता, अज्ञेयता।

inscrutable a. अभेद्य, अच्छेद्य, अगाध, दुर्गाह्य, अतर्क्य, अचिन्त्य, गहन, दुर्ज्ञेय, अज्ञेय।

insect* n. कृमि, कीट*, पतंग, कीड़ा*, कीड़ा-मकोड़ा; (ला०) नगण्य व्यक्ति या जीव; *~*-powder कीट-क्षोद, कृमिनाशक चूर्ण;
~ attack, *~* borer, *~*-borne, *~* castings, *~* collector, *~* damage, *~*-damaged grains, *~* epidemics, *~* flowers, *~*-infected seeds, *~* infestation, *~* larva, *~* outbreak, *~*-paste, *~* pest, *~* physiologist, *~* physiology, *~*-pollinated, *~* product, *~*-proof, *~* trench, *~* vector.

insectarium n. कृमिशाला, कीट-पालन-गृह।

insecticidal a. कृमिमारक, कीटघ्न, कृमिघ्नीय; कीड़ेमार।

insecticide n. कीटघ्न, कीटनाशी, कृमिनाशक ओषधि, कीड़ेमार।

insectiform a. कृम्याकृति, कृम्याकार, कीटाकार, कीड़ेके आकारका।

insectifuge n. कीटघ्नोपाय, कृमिनाशोपाय, कीट-नाशक व्यवस्था।

insectile a. कीट-प्रकृति, कीट-स्वभाव, कीड़ेके स्वभावका; कृमिवत्, कीट-सदृश, कीड़ेका।

insection n. = INCISION.

insectivora n. (pl.) कीट-भुक् जन्तुवर्ग, कृमिभक्षक जीव।

insectivore n. कीट-भुक् प्राणी, कृमिभक्षक जीव।

insectivorous a. कीटभुक्, कृमिभक्षक, कीटाशी, कीटाहारी।

insectology n. कीटशास्त्र, कृमिशास्त्र।

insecure a. असुरक्षित, भयान्वित, शंकाकुल; अदृढ़, कच्चा, पोला।

insecurity n. असुरक्षा, सशंकता, अक्षेम, भय, शंका।

inseminate v.t. (शा० एवं ला०) वीर्यसेचन करना, वीर्याधान करना; बीजारोपण करना, बीज डालना।

insemination n. वीर्याधान; सेचन; बीजारोपण, बोवाई।

insensate a. असंवेदनशील, निष्ठुर, क्रूर, कठोर; मूढ़, मूर्ख, जड़, जड़मति; अचेतन, चेष्टाहीन, चैतन्यशून्य, संज्ञाहीन।

insensibility n. असंवेद्यता, असंवेदनशीलता, संवेग-हीनता, रागराहित्य, भावहीनता; उपेक्षा, उदासीनता; अचेतनता, अचेष्टा, असंज्ञा, संज्ञाहीनता।

insensible a. अतिसूक्ष्म, अलक्ष्य, अतीन्द्रिय; अचेतन, चेष्टाहीन, जड़, चैतन्यशून्य, संज्ञाहीन (जैसे, *fell down and was long ~*); अनभिज्ञ, अज्ञ; अर्थशून्य, निरर्थक; रागरहित, असंवेदनशील, निष्ठुर, असंवेद्य।

insensitive a. असंवेदनशील, निश्चेतन, संवेदनाशून्य, अनुभूतिहीन, ढीठ।

insensitiveness n. असंवेदनशीलता, निश्चेतनता, असंवेदना, अनुभूतिहीनता।

insensuous a. अकामुक, अविलासी।

insentient a. अचेतन, जड़, निर्जीव, मृत, वेज्ञान।

inseparability, inseparableness nn. अवि-योज्यता, अविभेद्यता, नित्यसहवर्तित, समवायित्व।

inseparable[1] n. (प्रायः pl.) अवियोज्य व्यक्ति या वस्तु (विशे०) मित्र।

inseparable[2] a. अवियोज्य, अविभेद्य, नित्यसहवर्ती, समवायी (जैसे, *~ association*)।

insequent a. अन्वयहीन, अक्रमगामी (*~ drainage*)।

insert v.t. सम्मिलित करना, सन्निविष्ट करना, अनुप्रविष्ट करना, जोड़ना; बैठा देना, जमा देना, घुसेड़ना, फिट करना।

inserted a. निविष्ट, सन्निविष्ट, अनुप्रवेशित, जमाया हुआ, घुसेड़ा हुआ, फिट किया हुआ।

insertion n. निवेशन, सन्निवेश, अनुप्रवेश, जमाना, घुसेड़ना, फिट करना; सन्निविष्ट वस्तु, अनुप्रविष्ट वस्तु; बेल-बूटेका काम, कशीदेका काम (जैसे, *lace ~*); (श० र० शा०) पेशीबन्धन।

inset[1] n. पुस्तकमें सन्निविष्ट पन्ने; सन्निविष्ट मानचित्र; फीता या पट्टी।

inset[2] v.t. सन्निविष्ट करना, प्रविष्ट करना, जड़ना, गोटा (किनारी या पट्टी) लगाना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

inseverable a. अविच्छेद्य, अटूट, जो तोड़ा न जा सके।

inshore a. वेलाभूमिस्थ, तटवर्ती, तटस्थ; तट-समीपस्थ, किनारेके निकटका।

inside[1] n. अभ्यन्तर, अन्तर्भाग; (बोल०) उदर एवं अँतड़ियाँ; अन्दर बैठे हुए यात्री।

inside[2] a. आन्तर, आभ्यन्तर, भीतरी, अन्दरका (जैसे, ~ *information*); ~ *a week* एक सप्ताहके भीतर; *turned* ~ *out* उलट दिया, उलटा-पलटा।

inside[3] adv. भीतरकी ओर।

inside[4] prep. में, भीतर, अन्दर।

insider n. अन्तरंग, भेदिया; किसी संस्थाका सदस्य।

insidious a. कितव, मायावी, विश्वासघाती (जैसे, ~ *disease*)।

insidiousness n. कैतव, माया, विश्वासघात, कपट, छल, धोखेबाजी, मक्कारी, दगाबाजी।

insight n. अन्तर्दृष्टि, निवेश।

insignia n. (pl.) लक्ष्म, अध्यंक, अधिकार-चिह्न, निशान, परतला, तमगा।

insignificance, -cy nn. क्षुद्रता, नगण्यता, तुच्छता, महत्त्वहीनता; घृण्यता, उपेक्षणीयता; अर्थहीनता, निरर्थकता।

insignificant a. क्षुद्र, नगण्य, तुच्छ, महत्त्वहीन; हेय, घृण्य, उपेक्षणीय, निन्द्य; अनुपादेय, निष्प्रयोजन, निरर्थक, व्यर्थ, बेकार।

insincere a. कितव, कपटी, छली, कुटिल, असत्यशील, झूठा, टेढ़ा, खोटा, बेवफा।

insincerity n. कैतव, कपट, छल, कुटिलता, बेवफाई।

insinuate v.t. अधिष्ठित करना, स्थान बना लेना, घर कर लेना; व्यंग्य करना, वक्रोक्ति द्वारा सूचित करना।

insinuation n. वक्रोक्ति, व्यंग्य, व्यंग्योक्ति, आक्षेप, कटाक्ष, परोक्ष संकेत; अधिष्ठापन।

insinuative a. व्यंग्यात्मक, वक्रोक्तिशील।

insinuator n. वक्रोक्ति या कटाक्ष द्वारा संकेत करनेवाला, कटाक्षाक्षेप करनेवाला; इत्यादि।

insipid a. निःस्वाद, स्वादहीन, फीका, बेमजा; नीरस, विरस, अरस, रूखा; जड़, निःसत्त्व, निःस्सार, असार; अविनोदी, अरुचिकर।

insipidity, insipidness nn. स्वादहीन, निःस्वादुता, फीकापन, बेमजापन; नीरसता, विरसता, अरसता, रूखापन; निःसत्त्वता, निःसारता, असारता, अविनोद, अरुचिकरता।

insipience n. अज्ञता, अविवेक, मूर्खता, मूढ़ता।

insipient a. अज्ञ, अविवेकी, मूर्ख, मूढ़।

insist v.t. & i. हठ करना, जमे रहना, जिद्द करना, अड़े रहना; आग्रह करना, अनुरोध करना।

insistence, -cy nn. हठ, आग्रह, अनुरोध, बल, जोर, जिद्द।

insistent a. हठी, आग्रही, साग्रह, अनुरोधपूर्ण (~ *demand*)।

insobriety n. असंयम, प्रमाद, उन्मत्तता, उन्माद।

insolate v.t. धूपमें सुखाना, झुराना।

insolation n. सूर्यातपन, आतपन, धूपमें रखना।

insole n. (जूतेका) भीतरी तल्ला, अन्दरूनी सोल।

insolence n. औद्धत्य, प्रगल्भता, धृष्टता, अविनय, गुस्ताखी, बदतमीजी।

insolent a. उद्धत, प्रगल्भ, धृष्ट, अविनीत, अवमानकारी, गुस्ताख, बदतमीज।

insolidity n. घनताभाव, ठोसपनकी कमी।

insolubility, insolubleness nn. असमाधेयता, असाध्यता, पेचीदापन; अविलेयता, अद्राव्यता, अगलनीयता, अघुलनशीलता।

insoluble a. असमाधेय, असाध्य, जटिल, पेचीदा; अविलेय, अद्राव्य, अगलनीय, अघुलनशील (~ *particles*)।

insolvable a. असाध्य; अशोध्य, अशोधनीय।

insolvency n. ऋण-शोधनाक्षमता, गतविभवता, दिवाला, दीवालियापन; परिक्षीणता।

insolvent[1] n. ऋणशोधनाक्षम व्यक्ति, गतविभव-जन, दीवालिया आदमी, परिक्षीण पुरुष।

insolvent[2] a. & n. शोधनाक्षम, गतविभव, दीवालिया (व्यक्ति); दीवालियेसे सम्बन्धित (जैसे, ~ *laws*)।

insomnia n. अस्वाप, अनिद्रा (का रोग)।

insomuch adv. इस सीमातक कि, यहाँतक कि।

insouciance n. असम्बन्ध, उदासीनता; अनवधानता, लापरवाही, बेफिक्री।

insouciant a. असम्बद्ध, उदासीन; अनवहित, लापरवाह, बेफिक्र।

inspan v.t. बैलोंपर जुआ रखना, गाड़ीमें जोतना।

inspect v.t. जाँचना, छान-बीन करना; निरीक्षण करना, मुआयना करना।

inspecting a. & n. निरीक्षी (~ *overseer*), निरीक्षण-।

inspection n. जाँच, छान-बीन; परिदर्शन, निरीक्षण, अवेक्षा, मुआयना;
~ book, ~ bungalow, ~ catechism, ~ certificate, ~ chamber, ~ charges, ~ facilities, ~ fee, ~ form, ~ law, ~ managements, ~ memoranda, ~ note, ~ note book, ~ path, ~ post, ~ register, ~ remarks, ~ report, ~ tour, ~ training course.

inspectioneer n. अवेक्षक, परिदर्शक, निरीक्षक, जाँच करनेवाला, मुआयना करनेवाला।

inspective a. अवेक्षणात्मक, निरीक्षणात्मक, परिदर्शनशील, जाँच-सम्बन्धी, मुआयनेका।

inspector n. निरीक्षक, अवेक्षक, इंसपेक्टर।

inspectoral, inspectorial aa. निरीक्षकीय।

inspectorate n. निरीक्षकालय, निरीक्षकका कार्यालय, निरीक्षणालय, इंस्पेक्टरका दफ्तर; निरीक्षकाधिकरण, निरीक्षक वर्ग।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

७२७ Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

inspectorship n. निरीक्षकत्व, निरीक्षक-पद, इंस्पेक्टरी।

inspectress n. निरीक्षिका।

inspirable a. अन्तःश्वसनीय, श्वासग्रहणीय, साँस खींचनेसे सम्बन्धित; प्रोत्साहनीय, प्रोत्तेजनीय।

inspiration n. अन्तःश्वसन, निश्वसन, श्वासग्रहण, साँस खींचना; प्रोत्साहन, प्रोत्तेजना, प्रेरणा, स्फूर्ति, ईश्वरीय प्रेरणा, दैवज्ञान; moral ~ नैतिक प्रेरणा; verbal ~ मौखिक या शाब्दिक प्रेरणा।

inspirational a. प्रेरणात्मक, प्रोत्साही, स्फूर्तिजनक, उत्तेजनात्मक (~ *lesson*); ईशप्रेरणा-सम्बन्धी, दैवज्ञानात्मक, प्रेरणात्मक सिद्धान्तसे सम्बन्धित।

inspirationism n. ईशप्रेरणावाद, दैवज्ञानमें विश्वास।

inspirationist n. ईशप्रेरणावादी, दैवज्ञानवादी।

inspirative a. प्रेरणात्मक, उत्तेजनाशील, उत्साहवर्धक।

inspirator n. वाष्पाकर्षक या पवनाकर्षण यन्त्र।

inspiratory a. अन्तःश्वसनात्मक, श्वासग्रहणात्मक, साँस खींचनेका; वाष्पाकर्षित्र-विषयक, वाष्पाकर्षक-यन्त्र-सम्बन्धी।

inspire v.t. अन्तःश्वसन करना, साँस खींचना; प्रोत्साहित करना, स्फूर्ति देना, प्रेरित करना, उत्तेजना प्रदान करना; बैठा देना, जमा देना।

inspired a. प्रणोदित, प्रेरित, उत्तेजित, प्रोत्तेजित।

inspirer n. प्रणोदक व्यक्ति, प्रेरक व्यक्ति, उत्तेजक पुरुष, प्रोत्तेजक।

inspirit v.t. अनुप्राणित करना, जीवन भरना, जान डालना; प्रोत्साहित करना, उत्तेजित करना, जोश दिलाना।

inspiriting a. प्रोत्साही, अनुप्रेरक, अनुप्राणित करनेवाला।

inspissate v.t. सान्द्र करना, निबिड करना, घनीभूत करना, गाढ़ा करना, जमाना।

inspissation n. सान्द्रीकरण, निबिडीकरण, घनीकरण।

instability n. अस्थैर्य, अस्थायित्व, अस्थिरता, अनित्यता, क्षणभंगुरता।

install v.t. अभिषेक करना, पदासीन करना; अधिष्ठापित करना, स्थापित करना, जमाना, गाड़ना, लगाना।

installant[1] n. अधिष्ठापक, अभिषेक करनेवाला व्यक्ति, पुरोहित।

installant[2] a. अभिषेक करनेवाला, यथाविधि पदारूढ़ करनेवाला।

installation n. अभिषेक, पदस्थापन, अधिष्ठापन, स्थापना, संस्थापन, जड़ाई, लगाई (*electric* ~)।

installed a. अधिष्ठापित, अभिषिक्त, अधिकार-प्र प्त।

instalment n. ऋणांश, प्रभाग, अंशांश, खण्डक, अंशिका, किस्त (~ *bond, system*)।

instance[1] n. दृष्टान्त, उदाहरण; अवस्था, दशा; (क़ानून) विधि, क्रिया, वाद, प्राभ्यर्थना, दावा; *at the* ~ प्रार्थना-पर, अनुरोधसे; *court of first* ~ प्राथमिक न्यायालय; *for* ~ दृष्टान्तस्वरूप, उदाहरणार्थ; *in the first* ~ प्रथमतः, पहले-पहल, पहले तो।

instance[2] v.t. दृष्टान्तस्वरूप अथवा उदाहरणार्थ प्रस्तुत करना, उल्लेख करना, दृष्टान्त देना, उदाहरण देना।

instancy n. अत्यावश्यकता, अविलम्बता, अतिपात।

instant[1] n. निमिष, पल, क्षण, वर्तमान, यह क्षण; (संक्षिप्त *inst.*) वर्तमान मासका, चालू महीनेका (जैसे, *the 6th* ~); तुरन्त, तात्क्षणिक; तात्कालिक।

instant[2] a. अत्यावश्यक, अनिवार्य, अविलम्ब, तुरन्त।

instantaneity n. = INSTANTANEOUSNESS.

instantaneous a. तात्कालिक, क्षणिक, क्षण-क्षणका; ~ death, ~ fuse, ~ velocity.

instantaneously, instanter, instantly advv. तत्काल, तत्क्षण, उसी समय, उसी पल, झटपट, चटपट।

instantaneousness n. तात्कालिकता, तात्क्षणिकता।

instar v.t. तारकित करना, तारक-खचित करना, तारकाभूषित करना, तारोंसे अलंकृत करना, तारोंसे सजाना।

instate v.t. अधिकारासीन करना, आधिपत्य प्रदान करना, यथाविधि अधिकार देना, कब्जा दिलाना।

instead adv. स्थानपर, पलटेमें, बदलेमें।

instep n. टखने और एड़ीके बीच पैरका ऊपरी भाग।

instigate v.t. अपोत्तेजित करना, अपोत्साहित करना, भड़काना, उभाड़ना, उकसाना; फुसलाकर कराना।

instigation n. अपोत्तेजना, अपोत्साहन, उभाड़ना, उकसाव, भड़काव।

instigator n. अपोत्तेजक, अपोत्साहक, उभाड़नेवाला, उकसानेवाला।

instil(l) v.t. चुवाना, टपकाना, बूँद-बूँद डालना; निविष्ट करना, चित्तमें बैठाना, मस्तिष्कमें जमा देना।

instillation, instilment nn. चुवाना, टपकाव, चित्तनिक्षेपण, निवेश, निवेशन।

instiller n. निवेष्टा, बैठानेवाला (व्यक्ति), जमानेवाला (आदमी); अवपाती, चुवानेवाला, टपकानेवाला।

instinct[1] n. मूलप्रवृत्ति, निसर्ग, सहजवृत्ति, नैसर्गिक प्रवृत्ति; अन्तर्बोध, अन्तःप्रेरणा, सहज प्रेरणा, सहजज्ञान, अन्तःस्फूर्ति।

instinct[2] a. पूरित, पूर्ण, युक्त, भरपूर।

instinctive a. सहज, मूलप्रवृत्यात्मक, सहजवृत्यात्मक, नैसर्गिक (~ *traits*); अन्तःप्रेरणात्मक, सहजप्रेरणात्मक, सहजज्ञानमूलक, अन्तर्बौद्धिक, अन्तःस्फूर्ति-सम्बन्धी।

institute[1] n. सभा, संस्थान, संस्था; विद्यालय, विद्यापीठ; संस्थान-भवन, संस्था-भवन; रीति; विधि सार, रीति-संग्रह।

institute[2] v.t. प्रतिष्ठापित करना, संस्थित करना, नींव डालना, प्रारम्भ करना; (पादड़ीको) नियुक्त करना; (जाँच आदि) आरम्भ करना, चलाना, खड़ा करना।

institution n. प्रतिष्ठापन, स्थापना; नियम, विधि, प्रथा, रीति, रिवाज; (बोल०) परिचित वस्तु या व्यक्ति; संस्थान, संस्था; विद्यालय; संस्था-भवन।

institutional a. संस्था-, संस्थागत, संस्थात्मक,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

संस्थानीय; संस्थाओं द्वारा संगठित या व्यक्त; नियम-सम्बन्धी, रीति या प्रथा-सम्बन्धी

institutionalism n. संस्थावाद, संस्था-प्रयोग, संस्थोपयोग।

institutionalist n. संस्थावादी; संस्थोपयोगवादी।

institutionalize v.t. संस्थात्मक बनाना, संस्थाका रूप देना।

institutionary a. संस्था-, संस्थात्मक, संस्थानीय; नियम-सम्बन्धी, रीति-विषयक।

institutive a. संस्थापनोन्मुख, संस्थापनायुक्त, पीठाश्रित, संस्थान-सम्बन्धी, संस्था-सम्बन्धी।

institutor n. प्रतिष्ठापक, संस्थापक।

instruct v.t. पढ़ाना, उपदेश देना, शिक्षा देना, सिखाना; सूचित करना, बताना, जताना; निर्देश करना, अनुदेश देना, हिदायत करना।

instruction n. निर्देशन, शिक्षण, पाठन, सिखलाई; (pl.) निर्देश, अनुदेश, आज्ञा, हिदायत।

instructional a. निर्देशात्मक, शिक्षण-सम्बन्धी, सिखावटी, हिदायती।

instructive a. निर्देशात्मक, शिक्षणात्मक, पाठन-सम्बन्धी, शिक्षाप्रद, बोधक, बोधकर, ज्ञानवर्द्धक।

instructiveness n. निर्देशप्रदता, शिक्षात्मकता, बोधकता।

instructor n. गुरु, उपाध्याय, अध्यापक, शिक्षक; निर्देशक, अनुदेशक, आज्ञापक।

instructress n. अध्यापिका, शिक्षिका; निर्देशिका, अनुदेशिका, आज्ञापिका।

instrument* n. उपस्कर, उपकरणिका, उपकरण, साधन, हथियार, औज़ार*; किसीके हाथकी कठपुतली; (विज्ञानमें प्रयुक्त) यन्त्र; वादित्र, तूर्य, वाद्ययन्त्र, वाद्य, बाजा; अधिकार-पत्र, विलेख, प्रालेख, दस्तावेज, कानूनी कागज; wind ~s सुषिर, शंख, वायुवाद्य, फूँककर बजाये जानेवाले बाजे;
~ board, ~-maker, ~ nurse, ~ repairer, ~ room, ~s depot.

instrumental a. उपकरणस्वरूप, साधनस्वरूप, साधक, सहायक; यन्त्रीय, यन्त्रके कारण होनेवाला (जैसे, ~ *errors*); (संगीत) वाद्य, संगीतका; (व्या०) ~ case करण कारक।

instrumentalist n. वादक, बाजा बजानेवाला।

instrumentality n. कर्तृत्व, करणत्व, साधनत्व, सहायता, मदद।

instrumentation n. वाद्य संगीत-व्यवस्था; वाद्यशास्त्र; शल्यकर्म, आपरेशन; कर्तृत्व, कारणत्व, साधनत्व।

insuavity n. रूक्षता, परुषता, कठोरता।

insubjection n. = INSUBORDINATION.

insubmissive a. अनम्र, अननुरोधी, असहिष्णु, असहनशील, हठी, हठीला।

insubordinate a. अनाज्ञाकारी, अवश, अविनीत, उद्धत; अवज्ञाकारी।

insubordination n. अवश्यता, अविनय, औद्धत्य, आज्ञाभंग, अवज्ञाकारिता।

insubstantial a. अवास्तविक, तथ्यहीन; निःसार, निःसत्त्व, सत्त्वहीन, तत्त्वहीन।

insubstantiality n. अवास्तविकता, तथ्यहीनता; निःसारता, सत्त्वहीनता, तत्त्वहीनता।

insufferable n. असह्य, दुःसह; घृण्य, दम्भी।

insufficiency n. अपर्याप्तता, अप्रचुरता, अल्पता, न्यूनता, कमी।

insufficient a. अपर्याप्त, अप्रचुर, अल्प, थोड़ा, कम (~ *number, security*)।

insufflate v.t. अन्तर्धमन करना, शरीरमें (वायु, गैस आदि) भरना; (नासिका आदिमें) फूँक मारकर दवा पहुँचाना।

insufflation n. अन्तर्धमन, फूँकना, भरना; झाड़-फूँक।

insufflator n. अन्तर्धमन करनेवाला, फूँकनेवाला, भरनेवाला; झाड़-फूँक करनेवाला; चूर्ण या पाउडर फूँकनेका यन्त्र।

insulant n. पृथक्कारक वस्तु, अलगानेवाली चीज।

insular n. द्वीपीय, द्वीपनिवासीय, द्वीपसम्बन्धी, टापूका; अनुदार, संकीर्णबुद्धि, तंगदिल, संकीर्ण विचारधारावाले द्वीपवासियोंकी भाँति।

insularism n. संकीर्णता, संकुचित दृष्टि, संकीर्ण विचार।

insularity n. द्वीपीयता; संकुचित दृष्टि, संकीर्ण विचार।

insulate v.t. द्वीप बनाना, द्वीपरूपमें परिवर्तित करना; अलग करना, पृथक् करना; अपवारित करना, विसंवाहित करना, असंवाहन करना, संवाह रोकना।

insulated[1] a. द्वीपीयित, पृथक्कृत, अलग किया हुआ, दूर।

insulated[2] a. अपवारित, विसंवाहित; ~ cable विसंवाहित सन्दाम; ~ cord विसंवाहित रज्जु।

insulating a. अपवारी, विसंवाही, विसंवाहन-; ~ board (रेल०) विसंवाहन-फलक।

insulation n. द्वीपीकरण; अपवारण, एकलन, पृथक्करण, पृथङ्न्यास; तापावरोधन, विसंवाहन; ~ resistance (विद्युत्) विसंवाहन, संरोध।

insulator n. द्वीपनिर्माता; पृथक्कर्ता, अपवारक, विसंवाहक।

insulse a. अरुचिकर, निःस्वाद, बेमजा; बेकार; निस्सत्त्व, तुच्छ।

insulsity n. (सेना०) अरुचिकरता, स्वादहीनता; निस्सारता, तुच्छता।

insult[1] n. मानभंग, अधिक्षेप, अवमानित, अपमानित, अनादर, तिरस्कार, बेइज्जती; *add* ~ *to injury* घावपर नमक डालना।

insult[2] v.t. मानभंग करना, अवमानित करना, अपमानित करना, अनादृत करना, तिरस्कार करना, बेइज्जती करना।

insultable a. अधिक्षेपणीय, अवमाननीय, अवमान्य,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

अनादरणीय, तिरस्करणीय, बेइज्जतीके लायक।

insulter n. अधिक्षेप्ता, अवमाता, अपमानक (व्यक्ति), बेइज्जती करनेवाला (आदमी)।

insulting a. अवमानकारी, अवमानक, अपमानजनक, अनादरजनक, बेइज्जतीवाला; ~ language अपमानजनक भाषा, गाली-गलौज।

insuperability n. दुर्गम्यता, दुर्लंघ्यता, दुरतिक्रम्यता; दुस्तरता; अजेयता, अपराजेयता, असंजेयता।

insuperable a. दुर्गम्य, दुर्लंघ्य, दुरतिक्रम्य, दुस्तर; अजेय, अपराजेय, असंजेय।

insupportable a. दुर्वह, दुरुद्वह, असह्य; असमर्थनीय, असहाय।

insuppressible a. = INSUPPRESSIVE.

insuppressive a. अशम्य, अशमनीय, अदम्य, अदमनीय, न दबाने योग्य।

insurable a. आगोप्य, बीमायोग्य।

insurance* n. आगोप, बीमा*; आगोप या बीमे द्वारा सुरक्षित कराना; अधिशुल्क, परिभाग; ~ policy बीमापत्र;

~ agent, ~ broker, ~ certificate, ~ charge, ~ company, ~ fund, ~ grant, ~ premium, ~ reserve, ~ scheme, ~ society, ~ stamp.

insurant n. आगोपित, बीमा करानेवाला, जिसका बीमा किया जाये।

insure v.t. आगोप करना या कराना, बीमा करना या कराना।

insured a. आगोपित, बीमाकृत (~ *letter*, ~ *person*)।

insurer n. आगोपक, बीमा करनेवाला; अन्तर्लेखक।

insurgence, insurgency nn. अभिद्रोह, विद्रोह, राजद्रोह, विप्लव, बगावत; बाढ़, सैलाब।

insurgent[1] n. अभिद्रोही व्यक्ति, विद्रोही पुरुष, विप्लवी व्यक्ति, बागी आदमी।

insurgent[2] a. अभिद्रोही, विद्रोही, विप्लवी, बलवाई; (सागर आदि) उमड़ता हुआ, बाढ़से आपूरित, बाढ़वाला।

insurmountable a. दुरतिक्रम्य, दुरत्य, दुरारोह, दुस्तर, अलंघ्य, अनतिक्रमणीय।

insurrection n. परिद्रोह, विद्रोह, विप्लव, बगावत; प्रारम्भिक विद्रोह।

insurrectional, insurrectionary aa. परिद्रोहात्मक, विद्रोहात्मक, विप्लवी, बलवाई, बागी, बगावती; प्रारम्भिक विद्रोह-सम्बन्धी।

insurrectionist n. परिद्रोही, विद्रोही, विप्लवी, बलवा करनेवाला, बागी।

insusceptibility n. अप्रभाव्यता, असंवेदनीयता, ग्रहणाक्षमता, अग्राहकता, अविकार्यता।

insusceptible n. अप्रभाव्य, असंवेदनीय, ग्रहणाक्षम, अग्राहक, अविकार्य।

inswinger n. आभ्यन्तर दोलायमान वस्तु, भीतरकी ओर झूलनेवाला यन्त्र या गेंद (क्रिकेटमें)।

intact a. अक्षुण्ण, अविकृत, अक्षत, अविकल; अस्पृष्ट, अछूता; अभिन्न, अखण्ड, अभेद्य; सम्पूर्ण, पूरा, साराका सारा, समूचा।

intagliated a. उत्कीर्ण, अभिलिखित, खुदा हुआ, नक्काशी किया हुआ।

intaglio[1] n. उत्कीर्णन, तक्षण, अभिलेखन, नक्काशी (~ *printing*); उत्कीर्ण चित्रकारी, तक्षण-चित्रकारी, अभिलिखित चित्रकारी; उत्कीर्ण मणि या रत्न, नगीना।

intaglio[2] v.t. उत्कीर्ण करना, तक्षण करना, अभिलेखन करना, नक्काशी करना।

intake n. (खानोंमें) वायुगवाक्ष; (नल आदिकी) आकस्मिक संकीर्णता; आगत व्यक्ति या वस्तु; उपादान; कृष्य भूमि; जलप्रवेश-स्थान; ग्रहण, अन्तर्ग्रहण।

intangibility, intangibleness nn. अग्राह्यता, दुर्बोधता; अनुभवातीतत्व; अस्पृश्यता, स्पर्शातीतत्व, स्पर्शागोचरता, अमूर्त्तता, सूक्ष्मता।

intangible a. अग्राह्य, दुर्बोध; अनुभवातीत; अस्पृश्य, अस्पर्शनीय, स्पर्शागोचर, अमूर्त्त, अतिसूक्ष्म।

integer n. सम्पूर्ण राशि; पूर्ण संख्या, पूर्णांक; अखण्ड वस्तु, निरपेक्ष पदार्थ।

integrable a. (गणित) अनुकलनीय, पूर्णांकीय; अविकलनीय, सम्पूरणीय, सम्पूर्ण बनाने योग्य।

integral[1] n. (गणित) अनुकल, पूर्णांक।

integral[2] a. (गणित) अनुकलनीय, पूर्णांकीय; अखण्ड, अविकल, समस्त, सम्पूर्ण, कुल, समूचा; पूरक, पूर्णयोग-सम्बन्धी, पूर्णताके लिए आवश्यक; ~ calculus अनुकल-कलन, चलराशि कलन;

~ curve, ~ equation, ~ factor, ~ function, ~ multiple, ~ number, ~ numerator, ~ part, ~ power, ~ sign, ~ socialism.

integrality n. अनुकलनीयता; पूर्णांकीयता; अविकलता, समग्रता, सम्पूर्णता।

integrand n. (गणित) अनुकल्य (उक्ति)।

integrant a. समपूरक, समवयव, भाग, हिस्सा।

integrate[1] v.t. अनुकलन करना; समाकलन करना, अवयवोंका संघटन करके मेल करना, जोड़ देना; एकत्र करना, जुटाना; (गणित) अनुकल प्राप्त करना; (क्षेत्र या तापका) कुल मूल्य या योग बताना।

integrate[2] a. समवयवयुक्त, सम्पूर्ण, अविकल, समूचा।

integration n. पूर्णांकरण; संघटन, एकत्रीकरण, समाकलन, एकीकरण, संयोग, जोड़; अनुकलन।

integrative a. पूर्णात्मक; संघटनशील, एकत्रीकरणात्मक, संयोगात्मक; अनुकलनात्मक।

integrator n. अनुकलक, कुल योग बतानेवाला, औसत निकालनेवाला।

integrity n. सम्पूर्णता, समग्रता, अवैकल्य, अन्यूनता, साकल्य, अखण्डता; सुस्थिति, साख; सच्चरित्रता, सन्निष्ठा, साधुता, निष्कपटता, सच्चाई, ईमानदारी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

integument n. आच्छद, कवच, आवरण, प्रावरण, कंचुक, कोश, आच्छादन, आवेष्टन, परिवेष्टन, त्वचा, चर्म, छिलका, झिल्ली, परदा।

integumentary a. कंचुकीय, कोशीय, आच्छादनात्मक, आवेष्टनात्मक, परिवेष्टनात्मक, त्वगीय, चर्मसम्बन्धी, छिलकेवाला, झिल्लीदार; ~ vessel आच्छदवाहिनी।

intellect n. प्रज्ञान; प्रतिभा; प्रज्ञा, बुद्धि, मति, मनीषा, अक्ल; प्रज्ञावान् व्यक्ति, बुद्धिमान् पुरुष, अक्लमन्द आदमी।

intellection n. बुद्धिक्रिया, बोधप्रक्रिया, समझनेकी क्रिया।

intellective a. बोधप्रक्रियात्मक, बुद्धिक्रिया-सम्बन्धी, समझनेकी क्रियासे सम्बन्धित।

intellectual[1] n. बुध, बुद्धिजीवी, मनीषी, धीमान् पुरुष, प्रज्ञावान् व्यक्ति, मतिमान् जन।

intellectual[2] a. बौद्धिक, मनीषासम्बन्धी, प्रज्ञाविषयक; मनीषी, प्रज्ञावान्, मतिमान्;
~ capacity, ~ control, ~ curiosity, ~ development, ~ function.

intellectualism n. बुद्धिवाद, प्रज्ञावादिता।

intellectualist n. बुद्धिवादी, प्रज्ञाजीवी।

intellectuality n. बौद्धिकता, मनीषित्व, प्रज्ञावत्ता, मतिमत्ता, ज्ञानवत्ता।

intellectualization n. मनीषीकरण, ज्ञानीकरण, बौद्धीकरण, बौद्धिक स्तरपर लाना।

intellectualize v.t. मनीषी बनाना, प्रज्ञावान् करना, ज्ञानी बनाना, बुद्धिमान् बना देना; बौद्धिक स्तरपर लाना।

intelligence n. मनीषा, प्रज्ञा, ज्ञान, बुद्धि; विचक्षणता; जागरूकता; तर्कशील प्राणी; गुप्त वार्ता; समाचार, खबर; I~ Department गुप्तचर विभाग, गुप्तवार्ता विभाग; ~ quotient (संक्षिप्त I. Q.) बुद्धि-अंक, बुद्धि लब्धि; ~ test बुद्धि-परीक्षा;
~ bureau, ~ office, ~ report, ~ summary.

intelligencer n. गुप्तचर, दूत, जासूस; वार्तावह, सन्देशवाहक, मुखबिर, खबर लानेवाला।

intelligent a. सुबोध, प्रज्ञावान्, बुद्धिमान्, समझदार, सयाना, अक्लमन्द।

intelligential[1] a. प्रज्ञात्मक, बुद्धि-सम्बन्धी।

intelligential[2] a. = INTELLECTUAL; मनीषी, प्रज्ञावान्, बुद्धिमान्; बौद्धिक, बुद्धि-सम्बन्धी।

intelligentzia, -sia n. बुधवर्ग, बुद्धिजीवी जन, शिक्षित समाज, पढ़े-लिखे लोग।

intelligibility n. सुगमता, सुबोधता, बोधगम्यता; बुद्धिगम्यता, बुद्धिग्राह्यता।

intelligible a सुबोध, सुगम, बोधगम्य (~ *meaning*); (दर्शन०) बुद्धिगम्य, बुद्धिग्राह्य।

intemperance n. औद्धत्य, उग्रता, अविनय, असंयम, अनियन्त्रण; व्यसन, विषयासक्ति; मद्यपान, शराबखोरी।

intemperate a. असंयत (~ *habits*); उद्धत, उग्र, अविनीत, असंयमी; अतिभोगी, व्यसनी, विषयासक्त; मद्यपायी, पियक्कड़, शराबखोर।

intemperateness n. औद्धत्य, उग्रता, अविनय, असंयम, अनियन्त्रण।

intemperative a. असामयिक, अकालिक, अप्राप्तकाल।

intemperativity n. अकाण्डता, असामयिकता, अकालिकता, अप्राप्तकालिकता।

intend v.t. उद्देश्य रखना, योजना बनाना, इरादा करना (जैसे, *we ~ to go, we ~ no harm*); निर्दिष्ट करना, संकल्प करना, ठान लेना, अभिप्रेत होना (जैसे, *we ~ our son for the bar*); अर्थ लगाना, मतलब रखना (जैसे, *what exactly do you ~ by the word ?*)।

intendancy n. अधीक्षण, प्रबन्ध; अधीक्षकपद।

intendant n. अधीक्षक, व्यवस्थापक, प्रबन्धक।

intended n. अभिप्रेत, उद्दिष्ट; (बोल०) वाग्दत्त, सगाई-का प्रेमी या प्रणयी (जैसे, (*your, his, her ~*)।

intending a. अभिलाषी, इच्छुक (~ *subscriber*)।

intendment n. अभिप्राय, कानूनी अर्थ।

intenerate v.t. मृदु करना, कोमल बनाना, मुलायम करना।

inteneration n. मृद्वीकरण, कोमलीकरण, मुलायम बनाना।

intensative[1] n. भावपूर्ण शब्द, तीव्रतावाचक शब्द।

intensative[2] a. प्रचण्डकर, उग्रकर, तीव्र, प्रबल, प्रखर; भावपूर्ण, तीव्रतावाचक।

intense a. प्रचण्ड, दारुण, घोर, उग्र, तीव्र, प्रखर; घन, गाढ़, अत्यन्त गहरा, तेज; तिग्म, उत्कट, प्रबल, जोरदार; भावुक, भावनामय, भावमय, गहरे भावोंवाला।

intenseness, intensity nn. प्रचण्डता, उग्रता, तीव्रता, प्रखरता; घनता, प्रगाढ़ता, गम्भीरता; तिग्मता, उत्कटता, प्रबलता; भावुकता, भावमयता।

intensification n. प्रचण्डीकरण, उग्रीकरण, तीव्रीकरण, प्रखरीकरण; घनीकरण, गाढ़ीकरण, गम्भीरीकरण; तिग्म होना या करना, उत्कट बनना या बनाना, प्रबल होना या करना; भावुक होना या करना; भावनामय होना या करना।

intensifier n. प्रचण्डक, प्रचण्डकर वस्तु, उग्रकारी वस्तु; तीव्रकारी रासायन (फोटोग्राफीमें)।

intensify v.t. & i, प्रचण्ड करना, उग्र करना, तीव्र करना, प्रखर करना, तेज करना; प्रगाढ़ करना, गम्भीर करना; तिग्म होना या करना, उत्कट बनना या बनाना; प्रबल होना या करना; भावुक होना या करना, भावनामय होना या करना; (फोटो) निगेटिव मसालेको गाढ़ा करना।

intension n. प्रचण्डता, उग्रता, तीव्रता, प्रखरता, घनता, प्रगाढ़ता, गाम्भीर्य; प्रगाढ़ संकल्पोद्योग, तनाव।

intensity n. = INTENSENESS.

intensive a. प्रचण्ड, उग्र, तीव्र, प्रखर, गहन, घन,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

प्रगाढ़, गाढ़ा; (व्या०) तीव्रतावाचक, घनताबोधक; केन्द्रित, गम्भीर (जैसे, ~ *bombardment*, ~ *study*); (अर्थ०) गहन, घना, गहरा; ~ cultivation प्रकृष्ट खेती; ~ inoculation (चिकित्सा०) प्रगाढ़ टीका;

~ agriculture, ~ blue, ~ culture, ~ drying, ~ investigation, ~ touring, ~ training.

intent[1] n. अभिप्राय, आशय, उद्देश्य, आकांक्षा, संकल्प; *to all ~s and purposes* सर्वथा, व्यवहारतः, यथार्थतः; *with ~ to* –के अभिप्रायसे, –के उद्देश्यसे; *with malicious, good, ~* अच्छे या बुरे उद्देश्यसे।

intent[2] a. कृतसंकल्प, तुला हुआ, लगा हुआ; एकनिष्ठ, अनन्यचित्त, एकाग्र, परायण, तत्पर, जुटा हुआ; (ध्यान, दृष्टि आदि) उत्सुकतापूर्ण।

intention n. उद्देश्य, आशय, मन्तव्य, अभिप्राय, संकल्प, आकांक्षा, इच्छा, इरादा; (pl. बोल०) विवाहके प्रस्तावके विषयमें विचारणा; (तर्क०) धारणा।

intentional a. साशय, साभिप्राय, जानबूझकर (जैसे, ~ *omission*)।

intentioned a. अभिप्रेत, उद्दिष्ट, संकल्पित।

intentness n. एकनिष्ठता, अनन्यचित्तता, एकाग्रता, परायणता, तत्परता, चौकसी; उत्सुकता।

inter v.t. निक्षेप करना, गाड़ना, दफनाना।

interact[1] n. विष्कम्भक, मध्यरंग, अंकान्तर, नाटकके दो अंकोंके मध्य अन्तर।

interact[2] v. i. परस्पर प्रभाव डालना, एक-दूसरेको प्रभावित करना।

interaction n. अन्योन्यक्रिया, पारस्परिक प्रभाव या क्रिया।

interactive a. परस्पर प्रभावशील।

interagent n. मध्यस्थ, अभिकर्ता, एजेण्ट।

interarticular a. अन्तस्सन्धायी, किसी जोड़के सन्निहित धरातलोंके मध्य।

interblend v.t. & i. सम्मिश्रित करना या होना, मिलना या मिलाना, आपसमें गडमड करना।

interbreed v.t. & i. संकरोत्पत्ति करना या कराना, दोगले या दोनस्ले बच्चे पैदा करना; (विरोधी नस्लके पशुओंका परस्पर) सम्भोग करना।

interbreeding n. अन्तराभिजनन।

intercalary a. अन्तरीय, निवेशित; अधिक; मलमासका; प्रविष्ट, सन्निविष्ट, प्रक्षिप्त, घुसेड़ा गया; ~ month अधिमास, मलमास।

intercalate v.t. सन्निवेश करना, प्रविष्ट करना, वृद्धि करना, बढ़ा देना; मध्यस्थ करना, बीचमें भिड़ा देना; (वर्षमें) एक दिन जोड़ना।

intercalation n. सन्निवेश, प्रवेश, वृद्धि, भिड़ाव, जोड़, घुसेड़; दिनयोग, एक दिन बढ़ाना।

intercaste a. अन्तर्जातीय (~ *marriage*)।

intercede v.i. मध्यस्थ होना, बीचमें पड़ना, बीचबचाव करना।

interceder n. मध्यस्थ, बीच-बचाव करनेवाला।

intercellular a. (वन०) अन्तराकोशीय, कोषान्तरीय (~ *substance*)।

intercensal a. दो जनगणनाओंके मध्य कालका।

intercept v.t. अन्तारोध करना, मार्गमें रोकना, रास्तेमें अटकाना, छेड़छाड़ करना; विच्छिन्न कर देना, सम्बन्ध तोड़ देना; अवरुद्ध करना, व्यवधान डालना; अन्तःखण्डित करना, दो बिन्दुओंके बीचकी दूरी अलग करना।

intercepted a. अन्तारुद्ध, विछिन्न, अवरुद्ध, रुका।

intercepter n. विच्छेदक व्यक्ति; व्यवधानक व्यक्ति, अवरोधक, छेड़छाड़ करनेवाला।

intercepting a. वियोजक, अन्तारोधक, अटकाऊ।

interception n. अन्तारोधन, अन्तारोध, अन्तरवरोध, वियोजन, राहमें रोकना, अटकाव; विच्छेद; व्यवधान, अवरोध।

interceptive a. अन्तारोधी, अन्तारोधक, राहमें रोकनेवाला, छेड़छाड़ करनेवाला; विच्छेदात्मक, व्यवधानशील, अवरोधात्मक।

interceptor n. अन्तारोधक विमान, राहमें रोकनेवाला वायुयान; विच्छेत्ता, व्यवधाता, अवरोधक।

intercession n. मध्यस्थीकरण, माध्यस्थ्य, मध्यस्थता, बीचबचाव।

intercessional a. माध्यस्थ्य-विषयक, मध्यस्थता-सम्बन्धी।

intercessor n. मध्यस्थ, पंच।

intercessorial, intercessory aa. मध्यस्थीय, मध्यस्थ-सम्बन्धी, पंचोंका।

interchange[1] n. व्यतिहार, परस्पर विनिमय, पारस्परिक आदान-प्रदान; परिवर्तन, अदला-बदली।

interchange[2] v.t. व्यतिहार करना, परस्पर विनिमय करना, पारस्परिक आदान-प्रदान करना; अन्तःपरिवर्तन करना, अदला-बदली करना।

interchangeability, interchangeableness nn. पारस्परिक विनिमयशीलता, अन्तर्निमेयता।

interchangeable a. अन्तर्निमेय, परस्पर विनिमयशील, परस्पर आदान-प्रदान-शील।

interclude v.t. घेरना; सम्बन्ध विच्छेद करना, अलग करना, घेरना, रोड़ा अटकाना, अड़ाना।

interclusion n. समावरण; सम्बन्ध-विच्छेद, वियोजन, रोक, आड़, बाड़, घेरा।

intercollegiate a. अन्तर्विद्यालयीय, कालिजोंके मध्य होनेवाला।

intercolline a. अन्तर्पर्वतीय, दो पहाड़ियोंके मध्य स्थित।

intercolonial a. अन्तरौपनिवेशिक, उपनिवेशान्तरीय।

intercolumnar a. स्तम्भान्तरीय, स्तम्भद्वय-मध्यस्थ, दो स्तम्भोंके मध्यमें स्थित।

intercolumniation n. स्तम्भान्तर, अन्तःस्तम्भन्यास, दो स्तम्भोंके मध्यकी दूरी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: MoE-IKS

intercom n. (संक्षिप्त =INTERCOMMUNICATION) (विशे० वायुयानमें) अन्तःसंचार।

intercommune v. i. अन्तःसम्बन्ध स्थापित करना, परस्पर वार्तालाप करना, आपसमें बातचीत करना।

intercommunicable a. अन्तःसंचार्य, अन्तःसंचारी, अन्तःसूचनीय, परस्पर ज्ञापनीय।

intercommunicate v. i. परस्पर वार्तालाप करना, अन्तःसम्पर्क रखना; अन्तरावागमन करना।

intercommunication n. अन्तःसंचार, परस्पर वार्तालाप, अन्योन्य सम्पर्क, परस्पर आवागमन।

intercommunion n. अन्योन्य व्यवहार, आदान-प्रदान, मेलजोल, रब्तजब्त; अन्तःसंसर्ग, परस्पर सम्पर्क, तादात्म्य, घनिष्ठता, पारस्परिक क्रिया।

intercommunity n. अन्तःसंघात, अन्तःसहचारिता, अन्तर्निष्ठता, सर्वनिष्ठता; सर्वप्रयुज्यता।

interconnect v.t. परस्पर सम्बद्ध करना, आपसमें जोड़ना।

interconnector n. अन्तःसम्बन्धयिता, आपसमें जोड़नेवाला, परस्पर मिलानेवाला।

intercontinental a. अन्तर्महाद्वीपीय, महाद्वीपके भीतर।

interconvertible a. अन्तर्निमेय, परस्पर परिवर्तनीय।

intercorrespondence n. परस्पर पत्रव्यवहार।

intercostal[1] n. (pl.) पर्शु-अन्तर, पसलियोंके मध्यका स्थान।

intercostal[2] a. अन्तरापर्शु, दो पसलियोंके मध्य।

intercourse n. आलाप, संलाप, संव्यवहार, समागम, अन्तःसम्पर्क, आपसी मेल-जोल; (मनुष्यका ईश्वरसे) तादात्म्य; (व्यापार आदिके लिए) अन्तर्राष्ट्रीय पत्र-व्यवहार; सम्भोग, रतिक्रिया, मैथुन, स्त्रीभोग।

intercrop v.t. & i. अन्तरासस्य उगाना, अलग-अलग पाँतियोंमें भिन्न-भिन्न फसल उगाना।

intercross v.t. & i. परस्पर काटना; अन्तर्जनन करना, दो नस्लके पशुओंसे बच्चे उत्पन्न कराना।

intercurrence n. अन्तःप्रवाह, अन्तर्भाव, मध्यमें होना; कभी कभी होना।

intercurrent a. अन्तःप्रवाही, मध्यवर्ती; अन्तराभावी, एक रोगकी उपस्थितिमें दूसरा होनेवाला; कभी-कभी होनेवाला (~ *disease*)।

interdental a. अन्तर्दन्तीय, दाँतोंके बीच, (ऊपरी और निचले दाँतोंके बीच जीभकी नोकसे उच्चरित)।

interdepartmental a. अन्तर्विभागीय।

interdepend v. i. अन्योन्याश्रित होना, परस्पर अवलम्बित होना, एक-दूसरेपर निर्भर होना।

interdependence, -cy nn. अन्योन्याश्रय, परस्पर-तन्त्रता, परस्परावलम्बन, एक-दूसरेकी निर्भरता।

interdependent a. अन्योन्याश्रयी, परस्परावलम्बी, परस्पर-तन्त्र, एक-दूसरेपर निर्भर।

interdict[1] n. प्रत्याख्या, प्रत्यादेश, प्रतिषेध, निषेध; (रोम० कैथा० गिरजा) निषेधाज्ञापन, किसी व्यक्ति या स्थानको धार्मिक उत्सवोंसे वंचित करनेका निदेश।

interdict[2] v.t. प्रतिषेध करना, निषेध करना, प्रत्याख्यान करना, निषेधादेश देना, वर्जित करना, मना करना, रोकना।

interdiction n. प्रतिषेध, निषेध, प्रत्याख्यान, वर्जन, प्रत्यादेश, मनाही, रोक।

interdictive, interdictory aa. प्रतिषेधात्मक, निषेधात्मक, निरोधी, प्रत्यादेशी वर्जनात्मक, मना करनेवाला।

interdigital a. अंगुलिमध्यस्थ, अँगुलियोंके बीच स्थित।

interdigitate a. & v. i. अंगुलिमध्यस्थ (होना), अँगुलियोंके बीच स्थित (होना)।

interdiurnal a. अन्तर्दैनिक।

interest[1]* n. स्वत्व, अधिकार, हक; सम्बन्ध*, सरोकार; लाभ, हित, कल्याण, भलाई (*public* ~); वह वस्तु जिसमें किसी व्यक्तिका हित निहित हो; (किसी दलका अपना) सिद्धान्त (जैसे, *the brewing* ~); स्वार्थ* (*vested* ~); ब्याज, सूद (*simple* ~); अभिरुचि, कौतूहल, दिलचस्पी (जैसे, *this has no* ~ *for me*); compound ~ चक्रवृद्धि ब्याज;

~ account, ~-bearing, ~-bearing securities, ~ charges, ~ check section, ~ column, ~ coupons, ~ distribution register, ~ distribution slip, ~-free advance, ~-free defence bonds, ~-free prize bonds, ~ payable, ~ payable advice, ~ payment order, ~ payment register, ~ payment sheet, ~ receivable, ~ received, ~ section, ~ suspense account, ~ warrant.

interest[2] v.t. अभिरुचि उत्पन्न करना, दिलचस्पी पैदा करना; कौतूहल उत्पन्न करना, उत्सुकता जागृत करना।

interested a. (p.p.) अनुरक्त, आसक्त; स्वार्थपरक, हितबद्ध, सम्बद्ध (जैसे, ~ *parties, motives*)।

interesting a. रोचक, चित्ताकर्षक, चित्तरंजक, मनोरम, हृदयहारी, दिलचस्प।

interfacial a. अन्तरानीक, तलद्वय-मध्यस्थ, दो तलोंके बीच स्थित (~ *angles*)।

interfemoral a. अन्तरोरु, जघनान्तरीय, जघन-मध्यस्थ, दो जाँघोंके बीच स्थित।

interfenestral a. वातायनान्तरीय, वातायन-मध्यस्थ, दो वातायनोंके बीच स्थित, दो खिड़कियोंके बीचवाला।

interfere v. i. हस्तक्षेप करना, मध्यस्थ होना; बाधा डालना, दखल देना; संघर्ष होना, टकराना।

interference n. व्यतिकरण; हस्तक्षेप, विघ्न, रोक-टोक, दखल; संघर्ष, टक्कर।

interferential a. व्यतिकरणात्मक, हस्तक्षेप-सम्बन्धी; संघर्ष-सम्बन्धी।

interferer n. व्यतिकर्ता, हस्तक्षेपी, मध्यस्थ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

interfering a. विघ्नकर, बाधक, व्यतिकारी, हस्तक्षेपी, रुकावटी ।

interferometer n. (भौ०) मिथोघट्ट-मान, प्रकाश तरंगोंकी बाधा नापनेका यन्त्र ।

interflow[1] n. अन्तःप्रवाह, भीतरी बहाव ।

interflow[2] v. i. अन्तःप्रवाहित होना, भीतरकी ओर बहना ।

interfluent a. अन्तःस्रावी, परस्परस्रावी, एक-दूसरेमें गिरनेवाला ।

interfluous a. = INTERFLUENT.

interfold v.t. तहमें तह बिठाना, परस्पर मोड़ना या पर्त बनाना ।

interfoliaceous a. पत्रान्तरीय, पत्तोंके बीचवाला ।

interfuse v.t. & i. अन्तर्मिश्रित करना, परस्पर मिलाना; बीच-बीचमें विकीर्ण करना; परस्पर संग्रथित करना ।

interfusion n. मिश्रण, मिलाव; अन्तर्विकीर्णीकरण; परस्पर संग्रथन ।

interglacial a. अन्तर्हिमानीय, हिम-मध्यवर्ती, दो हिमयुगोंके बीचका ।

interglandular a. अन्तर्ग्रन्थि, गिल्टियोंके बीचवाला ।

intergrowth n. अन्तर्वृद्धि, वस्तुओंका एक-दूसरेमें उगना ।

interim[1] n. अन्तर, मध्यान्तर, अन्तर्वर्तीकाल, मध्य-काल, बीचका समय ।

interim[2] a. अन्तरिम, मध्यान्तरीय, मध्यकालीन, अन्तः-कालीन (~ *relief*); अचिरस्थायी, क्षणिक; ~ dividend मध्यान्तर लाभ-विभाग, मध्यकालीन लाभांश ।

interim[3] adv. इस मध्यमें, इस बीचमें, इतनेमें ।

interior[1] n. आन्तर भाग; आभ्यन्तर प्रदेश; भीतर, अन्दर; भवन या कक्षका अभ्यन्तर, भीतरी सजावट; आत्मा, अन्तःकरण; आन्तर प्रकृति, आभ्यन्तर स्वभाव; Minister of the ~ = HOME minister गृहमन्त्री ।

interior[2] a. आन्तर, आभ्यन्तर; देशाभ्यन्तरीय, अन्तर्देशवर्ती; स्वदेशीय, घरेलू; मानसिक, आत्मिक, हार्दिक, भीतरी ।

interjacent a. मध्यस्थ, अन्तवर्ती, मध्यवर्ती, बीचका ।

interjaculate v.t. (दूसरोंकी बात-चीतके) बीचमें चिल्लाना, जोरसे बोलना ।

interject v.t. सहसा बीचमें बोल उठना, टोक देना; सन्निवेश करना, घुसेड़ देना ।

interjection n. विस्मयादिबोधक, विस्मय या दुःख या शोक सूचित करनेवाला शब्द (जैसे, *ah ! whew !*) ।

interjectional, interjectory aa. विस्मयादिबोधक, विस्मयादिसूचक शब्दोंसे सम्बन्धित ।

interknit v.t. अन्तर्ग्रथित करना, बुनना, बटना ।

interlace v.t. & i. संग्रथित करना, गूँथना; परस्पर बुनना; मिश्रित करना, मिलाना; संग्रथित होना, गुथ जाना, मिल जाना ।

interlacement n. संग्रथन, गूथना; मिश्रण; जोड़मेल ।

interlard v.t. (लेख, भाषण आदिमें) अन्तर्विन्यस्त करना, विदेशी शब्द मिलाना ।

interlay v.t. अन्तराविष्ट करना, अन्तःस्थापित करना, बीचमें रखना ।

interleaf n. अन्तःपत्र, पुस्तकके दो पन्नोंके मध्यका सादा पन्ना ।

interleave v.t. अन्तःपत्रीयण करना, पुस्तकके दो पन्नोंके बीचमें सादा पन्ना लगाना ।

interline v.t. पंक्तियोंके मध्य शब्दोंका सन्निवेश करना; पंक्तियोंके बीचमें लिखना ।

interlineal a. = INTERLINEAR.

interlinear a. दो पंक्तियोंके मध्य लिखित या मुद्रित ।

interlineary a. अन्तरापंक्ति, पंक्तिद्वय-मध्य, दो पंक्तियोंके बीचके लेखसे सम्बन्धित ।

interlineation n. अन्तारेखन, पंक्तियोंके मध्यकी लिखावट ।

interlink v.t. परस्पर सम्बद्ध करना, जोड़ना, कड़ीसे कड़ी मिलाना ।

interlocation n. मध्यस्थापन ।

interlock v. i. & t. अन्तःकीलन करना, अन्तःकीलित करना या होना, परस्पर गुथ जाना; परिष्वजन करना, आलिंगन करना ।

interlocution n. अन्तर्वाद, सम्भाषण, वार्तालाप, बात-चीत ।

interlocutor n. अन्तर्वादी, सम्भाषण या वार्तालापमें भाग लेनेवाला; हब्शी चारणदलका संचालक; my ~ मेरे साथ सम्भाषण करनेवाला व्यक्ति ।

interlocutory a. अन्तर्वादीय, सम्भाषणात्मक, बात-चीत-सम्बन्धी; वादकालिक, मध्यकालिक (~ *decree, order*)।

interlocutress, interlocutrix nn. बातचीत करनेवाली औरत ।

interlope v. i. हस्तक्षेप करना, खामखाह बीचमें पड़ना, टाँग अड़ाना, हाथ डालना, दखल देना ।

interloper n. हस्तक्षेपी, टाँग अड़ानेवाला (व्यक्ति), दखल देनेवाला (आदमी); अनधिकृत व्यापारी ।

interlude n. विष्कम्भ, विष्कम्भक, मध्यरंग; विष्कम्भक-दृश्य, मध्यरंगका दृश्य; मंगलाचरणके गीतोंके मध्य साज-की गत; विभिन्न पात्रोंके मध्यका समय, अन्तराल; बीच-बीचमें होनेवाली विनोदपूर्ण घटना; (इति०) (रहस्यात्मक नाटकों या नीतिविज्ञानके) अंकोंके अन्तर्गत नाटकीय या भाणात्मक प्रदर्शन ।

intermarriage n. अन्तर्जातीय विवाह ।

intermarry v. i. अन्तर्जातीय विवाह करना ।

intermeddle v. i. हस्तक्षेप करना, टाँग अड़ाना, दखल देना ।

intermeddler n. हस्तक्षेपी, टाँग अड़ानेवाला (व्यक्ति), दखल देनेवाला (आदमी) ।

intermediary[1] n. मध्यस्थ व्यक्ति या वस्तु, पंच ।

intermediary[2] a. मध्यस्थ, बीचमें पड़नेवाला; मध्यवर्ती, बीचमें स्थित ।

intermediate[1] n. मध्यस्थ वस्तु, मध्यवर्ती वस्तु ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

intermediate[2] v. i. मध्यस्थता करना, बिचवई करना, बीचमें पड़ना।

intermediate[3] a. अन्तर्वर्ती, मध्यस्थ, मध्यवर्ती, मध्यग, मध्यम, बीचका; ~ examination मध्यमा परीक्षा, इण्टर परीक्षा।

intermediation n. मध्यस्थता, बिचवई।

intermediator n. मध्यस्थ, पंच।

intermedium n. (pl. *-ia, -s*) माध्यम, (जीववि०) आन्तर अस्थि; मध्यस्थ वस्तु, मध्यवर्ती साधन।

interment n. शवाधान, दफन, गाड़ना।

intermezzo n. (pl. *-zzi, -zzos*) नाटकके अंकोंका मध्यवर्ती दृश्य, बड़े गीतोंके प्रमुख भागोंको जोड़नेवाली अल्प गति, बीचकी लय।

intermigration n. मिथ आप्रवास, परस्पर देशान्तर-गमन, परस्पर स्थानान्तरण।

interminable a. अनवरत, अनन्त, असीम, अपार, अछोर, बेहद; अतिदीर्घ, बहुत लम्बा।

interminableness n. अनन्तता, असीमता, अपारता, अछोरपन, बेहदपन।

interminate a. अनन्त, असीम, अपार, अछोर, बेहद।

intermingle v.t. & i. अन्तर्मिश्रित करना, परस्पर-ग्रथित करना, गडमड करना, मिलाना।

intermission n. उपशम, विच्छेद, विराम, विरति, यति, निवृत्ति, छुट्टी; ~ *for a tea* ⊙ जलपानके लिए अवकाश; *without* ~ अनवरत, सतत, निरन्तर, अविच्छिन्न रूपसे।

intermissive a. विच्छेदयुक्त, सविराम, यतिशील, वारीका (~ *fever*)।

intermit v.t. & i. (ज्वर, कष्ट, नाड़ी आदिका) विरत होना, बन्द हो जाना, रुक जाना; निवृत्त करना, ठहराना; विरत करना, विच्छिन्न करना, रोकना, बन्द करना।

intermittence n. विराम, यति, विच्छेद, निवृत्ति।

intermittent a. सान्तराय, आन्तरायिक, सविराम, अन्तर्विरामी, विरामशील, विरत होनेवाला, विच्छिन्न होनेवाला, विच्छेदयुक्त, वारीका;
~ drainage, ~ fever, ~ rain, ~ stage, ~ yield.

intermix v.t. & i. अन्तर्मिश्रण करना, मिलाना, गडमड करना; परस्पर मिश्रित होना, एक-दूसरेमें मिल जाना।

intermixture n. अन्तर्मिश्रण, मिलावट, घालमेल।

intermontane n. पर्वतद्वय-मध्यस्थ, पवर्तान्तरीय, दो पर्वतोंके बीच स्थित।

intermundane a. लोकद्वय-मध्यस्थ, लोकान्तरीय, दो लोकोंके बीच स्थित।

intermural a. भित्तिद्वय-मध्यस्थ, दो दीवारोंके बीच स्थित।

intermutation n. मिथःपरिवर्तन, परस्पर अन्तरण।

intern v.t. स्थानबद्ध करना, अन्तरावरुद्ध करना, (विशे०) सीमाके बाहर जानेकी अनुज्ञा न देना, नजरबन्द कर देना, कैद करना।

internal[1] n. (pl.) आभ्यन्तर वैशिष्ट्य, आन्तर गुण।

internal[2] a. आन्तरिक, आन्तर, आभ्यन्तर, आभ्यन्तरिक, अन्तःस्थ, भीतरी; आध्यात्मिक, तात्त्विक; ~ administration आन्तरिक प्रशासन; (गणित) ~ angle आन्तर कोण, अन्तःकोण; ~ bisector अन्तरार्धक;
~ affairs, ~ combustion, ~ ear, ~ evidence, ~ examination, ~ force, ~ healer, ~ management, ~ migration, ~ nostril, ~ rectus, ~ resistance, ~ respiration, ~ stimulus, ~ trade, ~ work.

internality n. आन्तरिकता, तात्त्विकता, आभ्यन्तरिकता, अन्तःकरण, निजत्व।

international[1] n. अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी; अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता; अन्तर्राष्ट्रीय श्रमजीवी संघका सदस्य।

international[2] a. अन्तर्राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय श्रमजीवी संघ-सम्बन्धी; first, second, third ~ श्रमजीवी संघकी भाँति तीन संघ (१. मार्क्सवादी १८६२–७३; २. फ्रांसीसी समाजवादी १८८९–; ३. रूसी साम्यवादी; संक्षिप्त COMINTERN १९१९–४३); ~ bimetallism अन्तर्राष्ट्रीय द्विधातुवाद; ~ civil aviation अन्तर्राष्ट्रीय असैनिक विमान-वाहन; ~ coinage अन्तर्राष्ट्रीय टंक या सिक्का; अन्तर्राष्ट्रीय टंकन; ~ jurisprudence अन्तर्राष्ट्रीय विधिशास्त्र; ~ regulation अन्तर्राष्ट्रीय विनिमय;
~ alliances, ~ arbitration, ~ conference, ~ convention, ~ court, ~ dispute, ~ judiciary, ~ labour, ~ law, ~ organization, ~ socialism, ~ trade, ~ union.

internationale n. (साम्यवादियोंका) अन्तर्राष्ट्रीय गान।

internationalism n. अन्तर्राष्ट्रीयतावाद।

internationalist n. अन्तर्राष्ट्रीयतावादी।

internationality n. अन्तर्राष्ट्रीयता।

internationalization n. अन्तर्राष्ट्रीयकरण।

internationalize v.t. अन्तर्राष्ट्रीयकरण करना।

interne ⊙ n. निवासी चिकित्सक, रेजिडेण्ट डाक्टर।

internecine a. मिथःसांघातिक, परस्पर विनाशकारी; बीभत्स, भयानक (जैसे, ~ *war*)।

internee n. अन्तरारुद्ध व्यक्ति, नजरबन्द आदमी।

internment n. स्थानबन्धन, अन्तरारोध, नजरबन्दी।

internodal a. पर्वान्तरीय, ग्रन्थिद्वय-मध्यस्थ, दो गाँठोंके बीच स्थित।

internode n. पर्वान्तर, ग्रन्थि-अन्तराल, गाँठ, दो गाँठोंके बीचका अन्तर।

internuncial a. (नाड़ी) शरीरके विभिन्न अंगोंमें सम्बन्धस्थापिका।

internuncio n. (दो दलोंके बीच) दूत, सन्देशवाहक।

interoceanic a. सागरान्तरीय, दो महासागरोंके बीच-वाला।

interocular a. अन्तर्नेत्रीय, आँखोंके बीचका।

interorbital a. (वन०) अन्तराक्षि, कक्ष्यान्तरीय।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: MoE-IKS

interosculate v. i. अन्तर्योजित होना, बीच-बीचमें कड़ी बनना; परस्पर सम्मिश्रित होना, मिलना-जुलना।
interosculation n. समगुणत्व; कड़ीका जोड़, मेल।
interosseous a. अस्थि-मध्यस्थ, अस्थि-अन्तस्थ, दो हड्डियोंके बीच स्थित।
interpage v.t. मध्यवर्ती पृष्ठपर मुद्रित करना या लिखना, बीचमें पृष्ठ जोड़ना।
interpellant a. पृच्छारोधी, अवरोधी, बाधक।
interpellate v.t. जिज्ञासा करना, स्पष्टीकरणकी माँग करके बाधा डालना, पूछना।
interpellation n. पृच्छावरोध, प्रश्नोत्तर, अन्तःप्रश्न, वादानुवादके मध्यमें प्रश्न उठाना; हस्तक्षेप, दखल।
interpenetrate v.t. & i. अन्तर्भेद करना; व्याप्त करना; वेधना।
interpenetration n. अन्तर्भेदन, अन्तर्व्याप्ति, वेधना।
interpenetrative a. अन्तर्भेदनात्मक, व्याप्त करनेवाला, वेधनेवाला।
interplanetary a. अन्तर्ग्रहीय, ग्रहान्तरीय।
interplay n. अन्योन्य प्रतिक्रिया, परस्पर क्रिया।
interplead v. i. अन्तरभिवचन करना, परस्पर विरोधी वादोंकी चर्चा करना।
interpleader n. अन्तरभिवक्ता, विरोधी वादोंका वकील; विरोधी वाद, अन्तर्वाद।
interpolable a. प्रक्षेप्य, अनुक्षेप्य।
interpolar a. अन्तर्ध्रुवीय, ध्रुवान्तरीय।
interpolate v.t. प्रक्षेप करना, अनुक्षेप करना, ठूँसना; (गणित) मध्यपदको अन्तर्विष्ट करना।
interpolation n. क्षेपक, प्रक्षेप, अनुक्षेप; अन्तर्वेशन।
interpolator n. क्षेप्ता, प्रक्षेप्ता, अनुक्षेप्ता; अन्तर्वेशक, अन्तर्निवेष्टा, घुसेड़नेवाला।
interposal n. अन्तःप्रवेशन, मध्यवर्तिता; बाधा, विघ्न, आपत्ति; मध्यस्थता, बिचवई।
interpose v.t. & i. अन्तःप्रवेशन करना, मध्यवर्ती करना; बाधा पहुँचाना, विघ्न डालना, आपत्ति करना; मध्यस्थ बनना, बीचमें पड़ना, बिचवई करना; अवान्तर रूपमें कुछ कहना।
interposer n. मध्यस्थ, बीच-बचाव करनेवाला; अन्तर्क्षेपक, मध्यवर्ती रहनेवाला, अन्तःप्रवेश करनेवाला, बीचमें पड़नेवाला।
interposition n. अन्तःप्रवेशन, अन्तरास्थापन, मध्यस्थापन, बाधा, विघ्न; प्रक्षेप, अवान्तर कथन; सन्निविष्ट वस्तु; हस्तक्षेप, दखल।
interpret v.t. & i. भाष्य लिखना, टीका बनाना, टिप्पणी करना; निर्वचन करना, अर्थ समझना; अर्थ विशद करना; व्याख्या करना; स्पष्ट रूपसे अर्थ लगाना, समझना (जैसे, ~ *it as a threat*); दुभाषियेका काम करना।
interpretable a. भाष्य, टीका करने योग्य; अर्थ समझने योग्य; व्याख्येय।
interpretation a. भाष्य, टीका, टिप्पणी; विवृति, निर्वचन, व्याख्या, भावार्थ; अर्थ, मतलब; भाषान्तरण, भाषान्तर, अनुवाद।
interpretational a. भाष्यविषयक, टीका-सम्बन्धी, टिप्पणी-सम्बन्धी; अर्थ-विषयक; व्याख्यात्मक; भाषान्तरणीय।
interpretative a. भाष्यात्मक, टीकात्मक, टिप्पणी-युक्त; अर्थ बतानेवाला; व्याख्यात्मक।
interpreter n. निर्वक्ता, भाष्यकार, टीकाकार, टिप्पणीकार, अर्थप्रकाशक; द्विभाषी, दुभाषिया।
interpretership n. भाष्यकर्तृत्व, टीकाकर्तृत्व, टिप्पणीकर्तृत्व, अर्थप्रकाशकत्व; द्विभाषिता, दुभाषियापन।
interpretive a. भाष्यात्मक, टीकात्मक, व्याख्यामूलक।
interpretress n. भाष्यकर्त्री, टीकाकर्त्री, टिप्पणीकर्त्री, अर्थप्रकाशिका; द्विभाषिणी।
interprovincial a. अन्तर्राज्यीय, अन्तर्प्रान्तीय।
interracial a. अन्तर्जातीय।
interracialism n. अन्तर्जातीयवाद, अन्तर्जातीयताका सिद्धान्त।
interred a. भूगर्भित, गड़ा हुआ।
interregnum n. (pl. *-na, -s*) मध्यान्तर, विराम, विश्राम; राज्यान्तराल, दो राजत्वका मध्यवर्ती काल, राजसिंहासनकी रिक्तावधि।
interreign n. = INTERREGNUM.
interrelated a. अन्तःसम्बन्धित, मिथःसम्बन्धित, परस्पर-सम्बद्ध।
interrelation n. मिथःसम्बन्ध, अन्तःसम्बन्ध, परस्पर-सम्बन्ध।
interrelationship n. मिथःसम्बन्धिता, अन्तःसम्बन्धिता, परस्परसम्बन्ध।
interrogable a. परिपृच्छ्य, प्रश्नीय, परिप्रश्न-योग्य, पूछताछ लायक, सवाल किये जाने लायक।
interrogant n. प्रश्नकर्ता, पृच्छक।
interrogate v.t. प्रश्न करना, पूछताछ करना।
item[1] n. (समाचार-पत्र आदिमें) समाचार-विवरण; संख्यात पद, विषय, विषयक्रम, प्रकरण; वस्तु, मद, बाबत; कालम; (हिसाब-किताबमें) प्रकरण, विषय या मदका उल्लेख ।

item[2] adv. तथैव, भी, उसी प्रकार ।

itemize ⊙ v.t. प्रकरणशः पदबद्ध करना, उल्लेख करना, एक-एक मद लिखना, मदोंमें बाँटना ।

iterance, iterancy, iteration nn. पुनरावृत्ति, पुनरुक्ति, पुनर्वचन, दुहराना, दोहराव ।

iterate v.t. पुनरावृत्ति करना, पुनरुक्ति करना, दुहराना, फिर कहना ।

iterative a. पुनरावृत्तीय, पुनरावृत्त्यात्मक, पुनरुक्ति करनेवाला, दुहरानेवाला ।

Ithuriel's spear n. सत्यताकी अचूक परीक्षा, खोटे-खरेकी कसौटी ।

itineracy, itinerancy nn. भ्रमणशीलता, खानाबदोशी, सैलानीपन ।

itinerant a. भ्रमणशील, परिभ्रामी, सैलानी ।

itinerary[1] n. यात्रापथ, मार्ग, दौरा, रास्ता; यात्रा-क्रम,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

यात्राका कार्यक्रम; यात्रा-विवरण, भ्रमण वृत्तान्त, सफरनामा; पथप्रदर्शक पुस्तक ।

itinerary[2] a. यात्रा-सम्बन्धी, भ्रमण-सम्बन्धी, परिभ्रमणात्मक, यात्रीय, सफरी; मार्गीय, पथ-सम्बन्धी ।

itinerate v. i. भ्रमण करना, परिभ्रमण करना, यात्रा करना, घूमना, भटकना, दौरा करना, गश्त लगाना ।

itineration n. भ्रमण, परिभ्रमण, यात्रा, घूमना, भटकना, सफर, गश्त ।

itself pron. स्वयं, आप-ही-आप, अपने-आप, अपने तईं; *by* ~ = ITSELF; *in* ~ स्वयंमें, स्वयं ही, स्वतन्त्ररूपसे, अपने-ही-आप ।

ivied a. सिरपेंचेकी लतावाला ।

ivory n. pl. गजदन्त, हस्तिदन्त, हाथीदाँत; (ग्रा० pl.) पाँसा, अण्टेका खेल, पियानोकी खूँटियाँ, बिलियर्ड-बाल; (sing. या pl.) दन्त, दाँत; (pl.) हाथीदाँतकी वस्तुएँ; black ~ (अफ्रीकाके) हब्शी दास या गुलाम; ~ black नागदन्त वर्ण, हाथीदाँतके कोयलेसे बनाया गया काला रंग; ~-nut (द्र० अ० के) खजूरकी गुठली; ~ tower द्रे० TOWER; vegetable ~ (द्र० अ०के) खजूरका कठोर बीजसार या श्वेत कल्क; ~ bangles, ~ brown, ~ comb, ~ protractor.

ivy n. सिरपेंचेकी लता, (*geranium* ~, ~ *tree*, *poison* ~ अनेक भेद) ।

izard n. (पिरैनीज पर्वतमें प्राप्य) कृष्णसार ।

izzard n. (प्रा०) Z वर्ण (जैसे, *from A to I* ~) ।

izzat n. यश, प्रतिष्ठा, मर्यादा, मान, इज्जत ।

J

J, j letter अंग्रेजी वर्णमालाका दसवाँ अक्षर, ज; (pen) जे वर्णांकित या जे मुहरसे युक्त चौड़ी नोक (की कलम); J मार्का कलमकी निब ।

jaal-goat n. वन्य अज, जंगली बकरा ।

jab १. n. आकस्मिक आघात, (किसी नोकीली वस्तुसे) त्वग्भेदन, आघात या प्रहार; (सेना०) आविद्ध भालेका पुनरावेधन, भोंकी हुई संगीनको अच्छी तरह निकाले बिना फिरसे घुसेड़नेकी क्रिया; २. v.t. वेधना, निर्दयतासे चुभोना, विद्ध करना, (किसी चीजको) सहसा घुसेड़ना, छेदना, भोंकना, घाव करना ।

jabber v.t. & i. जल्दी-जल्दी और अस्पष्ट बोलते जाना; बन्दरों आदिके समान किलकिलाना, कटकटाना; प्रलाप करना, जल्पना, बढ़-बढ़कर बातें करना, बकवाद करना, अण्ड-बण्ड बकना, बक-बक करना, बकना, बहकना, बड़बड़ाना ।

jabberer n. जल्पक व्यक्ति, प्रलापक व्यक्ति, द्रुतवादी पुरुष, द्रुतभाषी, बकवकी, बकवकिया, गिलबिली आदमी, गिटपिटी आदमी, गड़बड़िया, बक्की ।

jabbering n. जल्पना, प्रलाप, निरर्थक वाग्धारा, द्रुतकथन, द्रुत-भाषण, अव्यक्त वचन, बकवाद, बड़बड़, बकबक, गिलबिल, गिटपिट ।

jabiru n. क्रौंच, जबरू पक्षी ।

jaborandi n. स्वेदन-पत्र, एक वृक्षविशेषकी सूखी पत्तियाँ ।

jabot n. मर्दोंकी कमीजके अग्रभागका झालर; स्त्रियोंकी चोली या अँगियाका नक्काशीदार झालर अथवा किनारी, गोट ।

jacana n. जल-कपोत, झिल्लीदार पंजोंवाला ऊष्णदेशीय जलपक्षी ।

jacent a. आलम्बित, पड़ा हुआ; आलसी, मन्द, तन्द्रालु, सुस्त ।

jacinth मणि, आरक्त नारंगी रंगका रत्न, गोमेदका एक प्रकार या उपभेद ।

jack[1] n. श्रमजीवी, श्रमिक, फुटकर मजदूर, कर्मी, मजूर; (ताशमें) गुलामका पत्ता; अनुचर, छोकरा, लौंडा, गुरगा; विशेषतः साधारण जनोंमें प्रतीक-स्वरूप, जॉन (John) नामका प्रचलित या लौकिक रूप; मांस भूननेका पलटा या सीकचा, कल, घुमानेका यन्त्र; भारी बोझ उठानेवाली कल; उत्थाप या उत्तोलक-यन्त्र, अड्डा, टेकन, धुरेकी जमीनसे उठानेवाला यन्त्र (*carriage* ~); विविध यन्त्रों आदिके अंग या पुर्जे; एक प्रकारकी मछली, मछलीका बच्चा; खिलाड़ियोंके लक्ष्यसिद्ध्यर्थ कन्दुक या गेंद; खिलाड़ियोंके निशाना साधनेका गेंद; धूर्त, दुष्ट, शठ, पाजी ⊙; black ~ प्रायः राल विरौजा आदिसे अनुलिप्त सिझाए चमड़ेका; everyman ~ प्रत्येक व्यक्ति, हर एक आदमी; ~ of all trades प्रत्येक विषयमें हस्तक्षेप करनेवाला, हरफनमौला; J~-a-dandy बना-ठना व्यक्ति, बाँका, छैला, रसिया; ~ass गर्दभ, गदहा; दुर्बुद्धि, जड़बुद्धि; दम्भी, पाखण्डी, ढोंगी; ~boot घुटनेके ऊपरतकका जूता; ~daw चोर काक, गिरजोंकी मीनारोंमें छिपकर रहनेवाला कौआ; J~ Frost चेतनायुक्त कुहरा, सजीव अवश्याय; J~ in office उपद्रवी, उद्दण्ड, दम्भी, घमण्डी, तंग करनेवाला, चिड़चिड़ा या शैतान अधिकारी या अफसर; ~-in-the-box सन्दूक खुलते ही बाहर आ जानेवाला खिलौना या क्रीडनक, अग्निक्रीड़ा या आतिशबाजीका एक रूप, स्प्रिंगदार खिलौना; J~-in-the-green ग्रीष्मोत्सव (May Day) के खेलोंमें पत्तियोंसे ढके चौखटेमें बन्द मनुष्य या बालक; ~-in-the-pulpit ⊙ एक पौधा; J~ Ketch वधिक, हत्यारा, जल्लाद; उद्बन्धक; ~-knife मूठदार बड़ा जेबी चाकू; ~-o'-lantern (प्रायः ला०) इन्द्रजाल, माया, छल, जाल, राक्षसी आग, अगिया बैताल; ~-plane मोटे या सामान्य काममें आनेवाला रन्दा; ~pot स्वच्छन्द, निरंकुश, परम स्वतन्त्र; (ताश) संयुक्त नीवी, परिपण या दाँव; ~ pudding विदूषक, मसखरा, मजाकिया, भाँड; देहाती, गँवार, उजड्ड,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS.

~-rafter ओरीकी छोटी बल्ली, धरन या कड़ी; ~-snipe छोटी जातिका चाहा पक्षी; ~-straw गोबर-गणेश, निकम्मा आदमी; ~ tar साधारण नाविक, माँझी, मामूली मल्लाह; ~-towel बेलनसे लटकती बिना किनारेकी तौलिया; *before you could say J~ Robinson* अकस्मात्, अचानक, एकाएक, शीघ्रतासे, क्षणभरमें, पलक मारते, पलभरमें, दमभरमें, तेजीसे, जल्दीसे; ~ *up* परित्याग कर देना, त्यागना, छोड़ना।

jack[2] v.t. गाड़ीके पहियेको उत्थापक या उत्तोलक-यन्त्रसे उभाड़ना, उठाना।

jack[3] n. राष्ट्रसूचक पोतध्वज, जहाजके सामनेका राष्ट्र-चिह्नांकित झण्डा, निशान (*British* ~); ~-staff ध्वजस्तम्भ, झण्डेका डण्डा।

jack[4] पैदल सिपाहियोंका बिना आस्तीनका कोट; मदिरा-भाण्ड, कुप्पा, शराबका बर्तन।

jack[5] n. कण्टकिफल, पनस या कटहलके समान किन्तु उससे कम स्वादिष्ट पूर्वी द्वीपसमूहका एक फल; ~ fruit, ~ fruit tree, ~ pine, ~ rose, ~ tree, ~wood.

jackal १. n. वंचक, धूर्त; शृगाल, जम्बुक, सियार, गीदड़; (ला०) प्रारम्भिक और झंझटी कार्य करनेवाला; २. v. i. धूर्तता करना; अभिनय करना, स्वांग भरना।

jackanapes n. (प्रा०) शाखामृग, वानर, बन्दर; अविनीत, धृष्ट, गुस्ताख; आडम्बरी, धृष्ट बालक, बना हुआ व्यक्ति, बाँका, छैला, दम्भी।

jackaroo n. (ग्रा०) अनभ्यस्त (व्यक्ति), साधक, अननुभवी, बिना मँजा व्यक्ति, नवसिखुआ; नवमित्र, नया सहवासी, नयासाथी।

jacket n. पशुचर्म, जानवरकी खाल; बाह्य आच्छादन, वायलरका बाह्यावरण; रंगीन और कलात्मक पुस्तकावरण, जैकिट; निचोल, कंचुक, बाह्यवस्त्र, मिरजई, कोट, बण्डी, सदरी, फतुही, जाकट; *cover with* ~ आवरण चढ़ाना, आवृत्त करना, वस्त्राच्छादन करना, कपड़ेसे ढँकना, ओढ़ना, ओढ़ाना, जाकट पहनना या पहनाना; *dust his* ~ उसे मारो, उसे पीटो; *potatoes boiled in their ~s* छिलके सहित उबाले हुए आलू।

jackstays n. पालकी रस्सियाँ या फाँटियाँ।

Jacob n. (~*'s ladder* भी) सफेद अथवा नीले फूलोंका एक पौधा; (नौवि०) रस्सीकी सीढ़ी।

Jacobean a. काले बलूतके रंगका, काले माजूफलके रंगका, काले ओकके रंगका; काला; सेण्ट जेम्स-सम्बन्धी, जेम्स प्रथमके शासनकालका; अवनिश्रायक।

Jacobin[1] n. विद्रोही, उग्र मौलिकतावादी, कठोर सुधार-वादी; सन्त डोमिनिकके सम्प्रदायका ईसाई संन्यासी।

jacobin[2] n. पारावत, कबूतर, गर्दनके पीछे झब्बेकी तरह झुके हुए परोंवाला कपोत।

Jacobinic, -al aa. प्रजातन्त्रवादी; विद्रोही।

Jacobinism n. विद्रोह, प्रजातन्त्रवाद, उग्र सुधारवाद।

Jacobite a. जेम्स द्वितीय अथवा उसके पुत्र 'दि प्रिटेण्डर'का अनुयायी।

Jacobitical a. जेम्स द्वितीयका समर्थक।

Jacobitism n. जेम्स द्वितीयके समर्थकोंका मत।

jacobus n. (pl. *-es*) जेम्सकालीन एक स्वर्णमुद्रा।

jaconet n. इलक्षणा, औसत मोटाईका सूती कपड़ा (विशेषतः पुलटिस चढ़ानेके लिए रंगीन) जलरुध्; नयन-सुख, जैकोनेट (एक प्रकारका वस्त्र)।

Jacquard loom n. चित्रलवेम, चित्रित वस्त्र बुननेके लिए जे० एम० जैकार्ड द्वारा आविष्कृत साधित्र संवलित करघा।

jacquerie n. कृषक-विद्रोह, खेतिहर-विद्रोह; (१३५७–५८) फ्रांसके सामन्तोंके विरुद्ध कृषक-विद्रोह।

jactation n. फेरना, फेरनेकी क्रिया; (बीमारीसे) अशान्ति, बेचैनी; शारीरिक उद्विग्नता; अहम्मन्यतापूर्ण बातें करना, बढ़-चढ़कर बातें करना।

jactitation n. (रोगमें) तिलमिलाहट, तड़फड़ाना, तड़प; अवयव या मांसपेशियोंमें झटका, तनाव, खिंचाव, विकत्थन; ~ of marriage विवाह-विकत्थन; मिथ्या-पति या मिथ्यापत्नी बननेका ढोंग।

jacure n. जलपोत, (छोटा) जहाज।

jade[1] १. n. (भर्त्सनार्थ प्रायः गालीके रूपमें प्रयुक्त) वेश्या, दुश्चरित्रा, छिनाल; टट्टू, थका हुआ या जीर्ण घोड़ा; २. v.t. (विशेषतः p.p.) क्लान्त करना, शीर्ण करना, कठिन परिश्रमसे थक जाना, थकाना, घिस जाना, रगड़ना।

jade[2] n. हरित, नील या श्वेत वज्रमणि, हरितमणि, हरिताश्म, हीरा; संगयशब।

jadeite n. हरितमणि, हरिताश्म, हरिद्वज्रमणि, हरा हीरा।

jadish a. १. उपहासास्पद; दुष्ट, दुश्चरित्र, बुरा, छिनाल; २. हरिताश्मवत्, हरितमणि-सदृश; हरिद्वज्रमणिसदृश, हरे हीरे-जैसा।

jaeger n. (*J* ~ भी) शुद्ध ऊनी वस्त्र, जेगर कपड़ा।

Jaffa n. एक प्रकारकी मरुस्थलीय नारंगी।

jag[1] n. उत्क्षेप, चट्टानका नोकीला भाग, कोना, दाँता; विभाजन।

jag[2] v.t. दाँतेदार बनाना, गड्ढेदार बनाना, खुरदरा करना, दाँते डालना; आक्रम या बेढंगा फाड़ना, ऊबड़-खाबड़ बनाना।

jag[3] ⊙ n. (बोली) पीनेवालोंकी मण्डली, पीनेकी चौकड़ी, पीनेका दौर।

jagged a. अचिक्कण, विषम, असम, खुरखुरा, खुरदुरा; दाँतेदार, दँतीला।

jaggedness n. खुरदुरापन, खुरखुरापन।

jagger n. विषम रूपसे काटनेवाला, दँतीला बनाने-वाला।

jaggery n. तालकी खाँड, ताड़-गुड़; कच्ची चीनी, देशी खाँड, शक्कर; गुड़।

jaggy a. प्रक्षिप्त, नोकदार, नोकीला, दँतीला।

jaghir(e) n. बित्ती, जागीर।

jaghirdar n. बित्तेदार, जागीरदार।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

jaguar n. कर्बर, चित्रक, चीता, जंगली बिल्ला।

jail n. कारा, कारागार, कारागृह, कारावास, जेल, बन्दीखाना, कैदखाना;
~bird, ~ budget, ~ delivery, ~ department, ~ employ, ~ employment, ~ factory, ~ history ticket, ~ hospital, ~ industries, ~ land, J~ Manual, ~ manufactory, ~ order book, ~ precincts, ~ press, ~ service, ~ staff, ~ superintendent, ~ supplies, ~-warden, ~ warrant.

jailor n. कारापति, कारापाल, कारागार-स्वामी, कारावासाध्यक्ष, जेलर।

Jainism n. जैनमत, जैनधर्म।

jakes n. संसर्गी; सहयोगी, सहकारी; = PRIVY.

jalap n. रेचकन्द, विरेचक ओषधि, जुलाब, जलापा।

jalapin n. रेचक औषध, विरेचक ओषधि, जुलाब, जलापा।

jalousie n. वातायनच्छद, (वेनिसका) खिड़कीका पर्दा।

jam[1] १. n. भ्रमजाल, जंजाल, कठिनाई, हैरानी; निपीडपुंज, जमाव; अवरोध, दाब, दबाव, रोक; संकुलन, पाशन, भीड़, (यन्त्र आदिके लिए) इस कारण रुकावट; २. v.t. & i. (समाचार, यन्त्र) अन्यत्र प्रयोग द्वारा दुर्बोध बनाना, (बेतारका तार) गड़बड़ कर देना, ऐसी तरकीब करना कि यन्त्र ठीक काम न करे; (कलके किसी पुर्जेको) ऐसा गाड़ देना या जकड़ देना कि वह काम न कर सके; (मार्ग आदिका) अवरोध करना, भीड़ मचाना, रोक लगाना; जोरसे घुसेड़ना; किसी वस्तुमें पच्चरकी तरह ठुँक जाना, कसकर घुस जाना या जमकर बैठ जाना, जमना, अटकना, फँसना, जाम होना; दबाकर तत्त्व निकालना, भींचना, रौंदना, पीसना, दबाना, निचोड़ना; (वस्तुओंको) दबाकर एकाकार करना, ठस कर देना।

jam[2] n. फलपाग, मुरब्बा; ~-stroke पेण्डुलम (pendulum) का आघात; real ~ (ग्रा०) अपूर्व आतिथ्य, सुन्दर भोज, अच्छी मेहमानदारी, खासा भोजन, शानदार स्वागत-सत्कार, भारी दावत।

Jamaica n. (~ *rum* भी) जमेकाका ठर्रा (मदिरा)।

jamb n. पक्ष, द्वार या खिड़की आदिका पाखा; (pl.) चूल्हेके बने पाखे या कोने।

jamboree n. (ग्रा०) समारम्भ, समारोह, उत्सव, बालचरोंका वृहत् प्रदर्शन, चहल-पहल, रँगरेली, जशन।

jamdani n. भारतीय मलमल, जामदानी।

jamming n. रोध, अवरोध, रोक, रुकावट।

jammy a. लागी, संलागी, लसलसा, चिपचिपा; मुरब्बेवाला, मुरब्बेसे ढका हुआ।

jampan n. (भारतमें पर्वतीय इलाकोंमें प्रयुक्त) पालकी, डोली, झम्पान।

jane n. (ग्रा०) महिला।

janet n. खचरी।

Jan(e)ite n. जेन आस्टेनके उपन्यासोंका प्रशंसक या प्रेमी।

jangle १. n. (प्रा०) झंझट, झगड़ा, तकरार, बखेड़ा, हुज्जत, फसाद; २. v.t. & i. कठोर शब्द निकालना, कर्कश आवाज (करना); उच्चारण करना, बेसुरे या कोलाहलमय बोल बोलना, बेसुरी आवाज करना, बेताल बजाना, झनझनाना, झनकारना, चिल्लाना; (घण्टे आदिसे) कर्णकटु शब्द निकालना; झगड़ना, तकरार करना, हुज्जत करना, फसाद करना।

jangler n. वाक्कलह-प्रिय व्यक्ति, जबानी लड़नेवाला आदमी, झंझटिया, झगड़ालू, बखेड़िया, हुज्जती।

jangling n. वाक्कलह, वाग्युद्ध, जबानी लड़ाई, तकरार, झगड़ा, बखेड़ा, झक-झक।

janitor n. प्रतिहार, द्वाररक्षक, द्वारपाल, ड्योढ़ीदार, दरबान, चौकीदार, पहरेदार; रक्षक, रक्षा करनेवाला, रखवाली करनेवाला ⊙।

janizary, -nissary n. (ला०) अत्याचार, परोत्सादन या परपीड़ाके वैयक्तिक साधन या उपकरण; तुर्कोंका पदाति या पैदल सिपाही, तुर्कोंकी पैदल सेनाके सुल्तानके शरीररक्षक दलमेंसे एक।

jannock a. (बोल०) ऋजु, विशुद्ध, विस्पष्ट, सच्चा, ईमानदार, खरा, सीधा, बिना मिलावट।

Jansenism n. (ईसाई मत) जैनसनवाद।

Jansenist n. (ईसाई) जैनसनवादी।

Jansenistic a. जैनसनवाद-सम्बन्धी, जैनसनवादी।

January n. जनवरी, वर्षका प्रथम मास।

Jap १. n. जापानी, जापान निवासी; २. a. जापानी, जापानका।

Japan १. n. जापानका साम्राज्य; (*j*~) कड़ा रोगन, लेप, कड़ी वार्निश; लाखका काम, जापानी ढंगका कार्य, जापानी नमूनेका काम; २. v.t. जापानी लेपके समान काला और चमकदार बनाना, जापानी ढंगसे लेप चढ़ाना, जापानी रोगन लगाना, जापानी वार्निश करना; ~ earth कत्था।

Japanese n. & a. जापानी।

Japanesque a. जापानी ढंगका।

japanner n. जापानी, लाक्षीयक, वारनिश करनेवाला।

jape १. n. परिहास, उपहास, हँसी, मजाक, ठट्ठा, दिल्लगी; २. v. i. (साहित्य) परिहास करना, उपहास करना, हँसी करना, मजाक करना, ठट्ठा करना, दिल्लगी करना।

japery n. (विदूषकका) हास, परिहास, उपहास, व्यंग्य, विनोद।

Japhetic a. भारोपीय, इण्डो-युरोपीय, नूहके पुत्र जफेथका या उनका वंशज।

japonic a. जापानी, जापान-सम्बन्धी।

japonica n. जापानी नासपातीके पौधोंके प्रकार।

japonicize v.t. जापानी करना, जापानी बनाना।

jar[1] n. कलह, झगड़ा, लड़ाई, तकरार; विरोध, असंगति, अनन्वय, विसंवाद, तनातनी, बेमेल; स्पन्दन, कम्पन; संघर्षण ध्वनि, तीव्र नाद, कर्कश स्वर, (नसों या भावोंका) स्फुरण, थरथराहट, कड़ी आवाज; आघात, रोमांच,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: MoE-IKS

सिहरन, धक्का, चोट।

jar[2] v. i. & t. संघर्ष करना, कलह मचाना, झगड़ा करना या होना, झगड़ना, लड़ना, लड़ाई करना, तकरार करना; विसंवाद करना, असहमत होना; स्पन्दित होना, विपरीत ढंगसे थरथराना, कम्पित करना या होना; काँपना, कँपाना, सिहरना; प्रतिध्वनित होना या करना, खड़खड़ाना, झनकारना, गूँजना; कर्कश शब्द करना या होना, कड़ी आवाज निकालना, बेसुरी आवाज निकालना; कर्कश लगना, कान खाना, बुरा लगना; कर्कश शब्दोंसे चोट पहुँचाना; सदमा पहुँचाना; कर्कश स्वरमें बजाना; धमनियोंको आघात, धक्का या चोट पहुँचाना; अव्यवस्थित कर देना, उलट-पलट देना ⊙।

jar[3] n. कलश, मर्तबान, (मुठियासहित या बिना मुठियाके) घड़ा, मटका, पत्थरका बर्तन, शीशेका बर्तन; हाँडी, नाँद; *a*~ अर्धनिमीलित, अधखुला, कुछ-कुछ खुला; *on the, on a, on,* ~ (बोल०) = AJAR.

jarful n. कलशपूर, घटभर, कुम्भभर, गागरभर, घड़ाभर।

jargon[1] n. पक्षियोंका कलरव, चिड़ियोंका चहचहाना; दुर्भाषा, गँवारू भाषा; अर्थहीन वाक्य, अनर्थक वचन, अनर्गल शब्द, अशिष्ट या जंगली भाषा, अपरिचित बोली (जैसे, *critics'* ~); लठ्ठम-पट्टम, गपड़-सपड़।

jargon[2], **jargoon** n. लंका-गोमेद, लंकामें पाया जानेवाला अर्ध पारभासक और धुँधला गोमेद, = ZIRCON.

jargonelle n समयपर सबसे पहले तैयार होनेवाली नाशपाती, जल्दी पकनेवाली नाशपाती।

jargonize v.t. & i. असभ्य या जंगली भाषाका प्रयोग करना, अनर्गल वाक्य बोलना, अनर्थक बोलना।

jarl n. नेता, मुखिया, लीडर।

jarrah n. एक गोंद देनेवाला कर्पूर वृक्ष।

jarvey n. (pl. *-s*) कोचवान, किरायेकी गाड़ी चलानेवाला।

jasey n. (प्रा० अ०) कृत्रिम केश, बालोंकी टोपी।

jasmin(e), jessamin(e) n. नवमल्लिका, मालती, सुमना, सप्तला, माधवी, वासन्ती; मल्लिका, यूथिका, चम्पक, चमेली, जुही, आदि आरोहणशील सुगन्धित फूलोंकी लता।

jasper n. कपिशमणि, सूर्यकान्तमणि, एक प्रकारका रत्न, जास्पर;

~ green, ~ opal, ~ pink, ~ red.

jaspery a. कपिशमणिवत्, सूर्यकान्तमणि-सदृश, जस्पर जैसा।

jaspideous a. कपिशमणिवत्, सूर्यकान्तमणि-सदृश; कपिशमणियुक्त, सूर्यकान्तमणियुक्त।

jaundice १. n. पाण्डुरोग, कामला रोग, पीलिया, यरकान; (ला०) विकृत विचार, दृष्टिदोष, इसके कारण विशृंखलित दृष्टि; २. v.t. (किसीको, किसीके निर्णय आदिको, चित्तको) ईर्ष्यान्वित करना, मनको ईर्ष्यालु या डाही बनाना; कामला रोगसे पीड़ित होना, पाण्डु रोगसे बीमार पड़ना, पीलियाकी बीमारी हो जाना।

jaunt १. n. पर्यटन, विहार, सैर-सपाटा, मटरगश्त; २. v. i. विहार करना, आमोद-प्रमोदके लिए यात्रा करना, आनन्दके लिए भ्रमण करना या घूमना, टहलना, फिरना, घूमना, सैर करना।

jauntiness n. बाँकपन, अलबेलापन, जिन्दादिली।

jaunty १. n. जहाजी पुलिसका प्रधान या अध्यक्ष; २. a. प्रसन्नचित्त, अकारण सन्तुष्ट, हँसमुख; बाँका, अलबेला, जिन्दादिल।

jaup v.t. छलछलाना, फलफलाना, हिलकोरना।

Javan, Javanese १. nn. जावा-निवासी व्यक्ति, मध्य जावाकी भाषा; २. aa. जावा-निवासी, जावा-सम्बन्धी, जावान, जावानी।

javelin n. शक्ति, हलका भाला, नेजा, बरछी; ~ men (न्यायालयमें) चोबदार, भालाबरदार।

jaw १. n. हनु, जम्भ, जबड़ा; (बोल०) मुखरता, परोपदेश, वाचालता; गाली-गलौज, तकरार; रीढ़वाले पशुओंमें रोमन्थ करनेका अंग; (pl.) मुखकी हड्डियाँ (जिनमें दाँत, मुँह आदि अंगोंकी हड्डियाँ भी रहती हैं); (pl.) बाँक; (pl.) पर्वतकी संकीर्ण घाटी, पहाड़का तंग दर्रा; २. v. i. & t. (प्रा०) बकना, वक्तृता झाड़ना, भाषण देना, व्याख्यान करना, लगातार बोलते जाना, बहुत बोलना; ~-bone हन्वस्थि, जबड़ेकी हड्डी; ~-breaker उच्चारणमें कठिन शब्द, मोटा शब्द, वह शब्द जो क्लिष्ट और कड़ा हो; ~-fallen हताश, उदास; *hold your* ~ चुप रहो, बक-बक मत करो।

jawed a. सहनु, सजम्भ, जबड़ेवाला।

jawy a. हनुविषयक, जम्भ-सम्बन्धी, जबड़ेका; वाग्मी, वाचाल, मुखर, बकवकी, गप्पी।

jay n. (ला०) धृष्टवक्ता, मूर्ख बकवादी व्यक्ति, गोबरगणेश, गँवार, गप्पी, बातूनी ⊙; (योरपका) नीलकंठ पक्षी; ~-walker ⊙ वह पैदल चलनेवाला व्यक्ति जो गमनागमनके नियमोंपर ध्यान न रखकर सड़कपर या गलीमें चलता है तथा उन्हें पार करता है।

jazz १. n. कोलाहल, शोरगुल, हल्ला-गुल्ला, हुल्लड़, भद्दा कार्यक्रम; नीग्रो जातिमूलक गीतिनाट्य, संयुक्तराष्ट्र अमेरिकाका देसी नृत्य और गीत; २. v.t. & i. शोरगुल करना, हुल्लड़बाजी करना; गीतिनृत्य करना, नाचना या उन्मत्त होना, जाजका अनुकरण करना, जाज़ (बैण्ड) बजाना या नाचना; ३. a. धृष्ट, भड़कदार, चटक, बेसुरा, गँवारू, भँडई, शोख; रूखा; ~ band ऐसा बाजा (बैण्ड) जिसमें पियानो, तुरही, सक्सोफोन, बंजो और ढोल आदि सम्मिलित हों।

jealous a. (*of* के साथ); ईर्ष्यालु, द्वेषी; असहिष्णु, असहनशील (अधार्मिक लोगोंके प्रति), कट्टर; सशंकित, सतर्क, सजग; प्रेम या सद्भावनामें शंकालु, आशंकित, सशंक, अपने अधिकारोंके प्रति सावधान, चौकन्ना, खबरदार।

jealousy n. ईर्ष्या, द्वेष, मत्सर, डाह, जलन।

jean n. मोटा सूती कपड़ा, खूब बटा हुआ सूती कपड़ा, जीन; (pl.) (शरीरके कपड़ोंको गन्दगीसे बचानेके लिए)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

गन्दे काम करते समय पहने जानेवाले वाह्य वस्त्र, ढीला पायजामा, संयुक्त कोट-पायजामा आदि ।

jeep ⊙ n. काम देनेवाली या कामकाजी छोटी मोटर-गाड़ी, जीप, जीपगाड़ी ।

jeer[1] n. (pl.) पालके डाँड़ समेटने और फैलानेका उत्तोलक यन्त्र ।

jeer[2] १. n. उपालम्भ, उपहास, व्यंग्य, ताना, बोली-ठोली; हँसी, ठट्ठा, मजाक, दिल्लगी; २. v. i. & t. उपहास करना, उपालम्भमय मजाक उड़ाना; व्यंग्य करना, ताना मारना; हँसी करना, ठट्ठा करना ।

jeerer n. उपालम्भक, व्यंग्यकर्ता; ताना मारनेवाला, हँसोड़, मजाकिया, दिल्लगीबाज ।

jehad n. = JIHAD.

Jehovistic a. (बाइ०) जेहोवीय, (महादेव) 'जहोवा'-सम्बन्धी ।

Jehu n. (हास्य) चालक, संचालक, प्रचण्ड चालक, तीव्र या द्रुत चालक, हाँकनेवाला, ड्राइवर ।

jejune a. अनुर्वर, अनुपजाऊ, ऊसर, बंजर; शुष्क, नीरस, रसहीन, निस्सार, रूखा-सूखा; किंचित्, अल्प, अपर्याप्त, थोड़ा, बहुत कम, नाकाफी ।

jejuneness n. अनुर्वरता, अनुपजाऊपन, ऊसरपन, बंजरपन; शुष्कता, नीरसता, विरसता, निःसारता, रसहीनता, निःसत्त्वता, तत्त्वहीनता, फीकापन ।

jejunum n. (श० र० शा०) मध्यान्त्र, बीचकी आँत ।

Jekyll and Hyde n. द्विष्ठ व्यक्तित्ववान्, दो व्यक्तित्वोंका एक व्यक्ति (यथा स्टीवेंसनके *Dr. J.* और *Mr. H.*) ।

jellify v.t. & i. शीरे-सा बनाना, लसदार होना ।

jelly* १. n. अवलेह*, सान्द्र द्रव, श्लेष्यक, लबावदार सामिष लपसी, फलों आदिके रसोंसे प्रस्तुत वैसा ही खाद्य, मुरब्बा, मीठी चटनी, जेली; २. v.t. & i. जेली-सा बनना या बनाना, जेली-सा जमना या जमाना; ~-bag जेली या शीरा छाननेका थैला; ~-fish 'मेडुसा' या समुद्री NETTLE मछलियोंकी लोकप्रिय संज्ञा; ~graph श्लेष्यक लेख, जेलीकी लेखन कल ।

jemadar n. (आंग्ल-भारतीय, बोल०) मेहतर, भंगी, (घरका) झाड़ू देनेवाला; प्रधान भृत्य, मुख्य नौकर; हिन्दुस्तानी पुलिस-अधिकारी, हिन्दुस्तानी पुलिस अफसर; जमादार; हिन्दुस्तानी फौजका छोटा देशी अधिकारी ।

jemimas n. (pl.) (बोल०) जूतोंका आवरण, जूतोंके ऊपर रक्षार्थ वस्त्र, लचीले किनारोंके जूते ।

jemminess n. सुवेषता; सरलता; स्वच्छता, सफाई ।

jemmy[1] n. खाद्यस्वरूप भेंड़का सिर; सेंध मारनेकी सबरी ।

jemmy[2] a. सुवेष, सरलता; स्वच्छ, साफ सुथरा ।

jennet n. छोटे कदका स्पेनका घोड़ा ।

jenneting n. ऋतुसे पहले होनेवाला सेबका उपभेद ।

jenny n. क्रेन (इंजिन उठानेका यन्त्र विशेष); ग्रामीण लड़की; जनाना, मेहरा; चलयन्त्र; बिलियर्डकी चोट; ~ wren 'रेन' नामक फुदकनेवाली चिड़ियाका लोकप्रिय और बालशालागत नाम; spinning-~ चर्खी, चखी, खच्चरी ।

jeofail n. (कानून) बहसमें बहक जाना ।

jeopardize, jeopard ⊙ vv.t. आपत्तिमें छोड़ना, संकटमें डालना, विपत्तिमें डालना, जोखिममें डालना, खतरेमें डालना; आपद्ग्रस्त करना ।

jeopardous a. विपद्युक्त, विपत्तिमय, संकटमय, आपत्तिमय, जोखिमदार, खतरेदार ।

jeopardy n. विपद्, संकट, आपत्ति, विपत्ति, आशंका, भय, जोखिम, खतरा ।

jequirity n. गुंजा, रत्ती, विविध रंगके बीजोंवाली एक प्रकारकी लिपटनेवाली हिन्दुस्तानी झाड़ी (जो दवा और आभूषणके काम आती है) ।

jerboa n. चपलाखु, खरगोश, अफ्रीकाकी मरुभूमिका पिछली लम्बी टाँगोंवाला और खूब उछलनेवाला एक पशु, जरबोआ ।

jereed n. भल्ल, भाला, बर्छी ।

jeremiad n. विलाप, दुःखपूर्ण विनय या पुकार, शोक-रुदन, दर्दभरी फरियाद ।

Jeremiah n. दुःखमय भविष्य बतानेवाला, निन्दक, समयकी निन्दा करनेवाला ।

Jericho n. फिलिस्तीनका एक नगर; *go to* ~ नष्ट होना, मिट जाना, चौपट होना; नरकमें जाओ, भाड़में पड़ो ।

jerid n. JEREED.

jerk[1] १. n. मांसपेशियोंमें स्वतः संकोच, तनाव, मरोड़, ऐंठन; समुच्छल, हचकोला; आघात, प्रतिघात, धक्का, झकोर, झटका; (pl.) हाथ-पैर, अवयवों, अंगों या चेहरेकी अनिच्छित गतिशीलता या फड़कन; २. v.t. & i. झटकेके साथ हिलना या चलना, हचकोला देना; संचित गतिसे फेंकना; झटकेके साथ मरोड़ना, झटकेसे खींचना, धक्का देना, झकझोरना, झकोरना, झड़झड़ाना, झटकाना ।

jerk[2] v.t. सिझाना, गाय बैल आदिके मांसको बोटी-बोटी करके धूपमें सुखाकर रख छोड़ना ।

jerker n. क्षेपक, उच्छालक, झटका देने या खानेवाला; सींगवाली एक (मछली) ।

jerkin n. कुर्ती, चमड़ेकी मरदानी चुस्त सदरी या फतुही, जरकिन ।

jerkiness n. आघात, प्रतिघात, संकोच, मरोड़, धक्का, ऐंठन, झकोर, झटका ।

jerky n. आघातमय, ऐंठनदार, झकोरनेवाला, मरोड़नेवाला, धक्का देनेवाला, झटका देनेवाला; उत्तेजनाके कारण फड़कनेवाला, सिकुड़नेवाला ।

jeroboam n. (*J*~ भी) साधारण या औसत नापसे अठगुनीसे बारहगुनीतक बड़ी शराबकी बोतल ।

jerque v.t. (जलयानोंमें) निर्यात-प्रतिषिद्ध वस्तुओंकी तलाशी लेना ।

jerquer n. (जलपोतोंमें) निर्यात-निषिद्ध वस्तुओंकी तलाशी लेनेवाला ।

jerry n. तुच्छ पदार्थोंसे बने घर; रद्दी घटिया सामान

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri; Funding: MoE-IKS

(ग्रा०) पेशावका वर्तन, पेशावदान; जर्मनजाति, जर्मनीके लोग, जर्मन सैनिक, जर्मन सेनाका सिपाही; ~-builder तुच्छ सामग्रीसे बनानेवाला; ~-building बेढंगा रद्दी मकान, रद्दी सामानोंसे बना हुआ घर; ~-built रद्दी और बेढंगा बना हुआ, तुच्छ सामग्रीसे बना; ~-shop सस्ती शराबकी दुकान।

jerrymander दे० GERRYMANDER का अशुद्ध प्रकारान्तर।

jersey n. (pl. -s) इंग्लिश चैनल (सागर) के द्वीपोंमेंसे एक; (बिनी और चिपकी हुई) ऊनी बण्डी; (स्त्रियोंकी चुस्त बिनी हुई) चोली या अंगिया, उसी प्रकार नीचे पहननेका वस्त्र, बनियाइन, वास्कट, फतुही, जरसी।

jess १. n. (चमड़े रेशम आदिका) छोटा तसमा, फुँदना, पेटी, फीता या पट्टी; २. v.t. बाजके पैरमें तसमा या फीता बाँधना।

jessamine n. = JASMINE.

jessamy a. मालती-वासित; रसिया।

jesse n. बहुशाखी दीपाधार, बहुशाखी दीपस्तम्भ।

jesserant n. कवचित सदरी, लोहेकी पट्टियोंसे युक्त वस्तर।

jest १. n. स्वांग, उपहासका पात्र, उपहासकी वस्तु, हँसीका पात्र (*a standing* ~); उपालम्भ; व्यंग्य, विनोद-हास्य, परिहास, मजाक, ठट्ठा, खिल्ली, हाहा-हीही, हँसी, ठठोली, दिल्लगी; परिहासोक्ति, प्रहसन, व्यंग्य भाषण, विनोद भाषण; २. v. i. व्यंग्य करना, उपहास करना, विनोद करना, खिल्ली उड़ाना, हँसी करना, छेड़ना, छेड़खानी करना, मजाक करना, ठठोली करना, ठट्ठा करना, दिल्लगी करना; ~-book चुटकुलोंकी पुस्तक।

jester n. विदूषक, भाँड, हँसोड़, मसखरा, ठिठोलिया, ठट्ठेबाज, मजाकिया, दिल्लगीबाज।

jestful a. व्यंग्यमय, परिहासजनक, ठिठोलिया, ठट्ठेबाज, मजाकिया, दिल्लगीबाज।

Jesuit n. (ला०) छद्मवेशधारी, वाक्छली, कपटी, धूर्त, छली, मक्कार, धोखेबाज, जालिया; कैथोलिक सम्प्रदायमें स्थापित ईसाई दल (Society of Jesus) का सदस्य।

Jesuitic a. = JESUITICAL.

Jesuitical a. कपट-सम्बन्धी, कपटपूर्ण, छलयुक्त, जेसुइट सम्प्रदाय सम्बन्धी।

Jesuitism n. छल, कपटीपन, धोखेबाजी, मक्कारी; जेसुइट धर्म।

Jesuitize v.t. कपट करना, छल करना, धोखा देना, मक्कारी करना।

Jesuitry n. छल, कपट, धोखा, मक्कारी; जेसुइट सम्प्रदाय-की-सी नीति।

jet[1] १. n कृष्ण प्रस्तर, कड़ा काला पत्थर, संगमूसा; २. a. गहरे चमकीले रंगका, संगमूसेके रंगका; ~-black काला स्याह।

jet[2] n. क्षिप, चंचु, नली, टोंटी, प्रधार, धार, स्रुति, फव्वारा, छोटे-छोटे छिद्रसे सामने या ऊपर फेंकी गयी जलधारा, वाष्प, वाति आदि।

jet[3] v.t. & i. धारा प्रवाहित होना, वाष्प फेंकना, धार निकालना, फव्वारा छोड़ना या छूटना, बहना।

jetsam n. क्षिप्तक, फेंका माल, (जहाज हलका करनेके लिए जहाजसे बाहर फेंके सामान, विशे०, समुद्रके किनारे बहकर लगे हुए)।

jettiness n. कृष्णाइमवत्ता, कृष्णता, कालापन, अत्यन्त काला रंग।

jettison १. n. जहाजको हलका करनेके लिए माल उतारना, असबाबको उसपरसे पानीमें फेंकनेकी क्रिया; २. v.t. इस प्रकार (सामान, माल, असबाबको) जहाजसे उतारना, बाहर फेंकना।

jetton n. पित्तल रोध, पित्तलावरोध, पीतलका बना हुआ मोहरा।

jetty[1] n. अवतरणी, पक्का घाट, जेटी, जहाजसे माल उतारनेका मंच या घाट; सुदृढ़ दीवार; बाँध या पुल (जो बन्दरगाह या किनारेकी रक्षाके लिए रहता है)।

jetty[2] a. गहरे काले रंगका, चमकीले काले रंगका, काला।

Jew १. n. शोषक, निर्दय उत्तमर्ण, चूषक, बलपूर्वक उपभोग करनेवाला, अत्यधिक सूद वसूल करनेवाला; पूरा बनिया, पक्का लाला, घाघ, कांइयाँ; यहूदी, इब्रानी (*rich as a* ~); २. v.t. धोखा देना, छलना, ठगना, मात करना, दगा करना; ~-baiting यहूदियोंका शोषण, यहूदियोंका उत्पीड़न, यहूदियोंकी हिंसा; ~'s-harp एक प्रकारकी सारंगी, मुरचंग; ~'s-mallow एक साग।

jewel* १. n. मणि, रत्न*, नग, लाल; बहुमान्य या बहुमूल्य व्यक्ति या वस्तु; रत्नजड़ित आभूषण, जड़ाऊ गहना, जेवर; २. v.t. रत्नोंसे भूषित करना, मणिसे अलंकृत करना, रत्नसे सुसज्जित करना, हीरे जवाहिरात जड़ाना, सजाना, जड़ाऊ जेवर पहनाना; the ~-house लन्दन प्रासादका रत्नगृह।

jeweller, jeweler ⊙ nn. मणिकार, रत्नकार, रत्नजीवी, जौहरी, जड़ाऊ जेवर बेचनेवाला, सर्राफ।

jewellery, jewelry ⊙ nn. रत्नराशि, मणिपुंज; रत्नाभूषण, जड़ाऊ भूषण, जवाहिरात; भूषण, गहने, जेवर; रत्न व्यवसाय, जवाहिरातका कारबार।

Jewess n. यहूदिन।

Jewish a. यहूदियोंका, यहूदी-सम्बन्धी; यहूदी जातिका, यहूदीकी नस्लका, यहूदी।

Jewishness n. यहूदीपन।

jewry n. नगर आदिमें यहूदियोंका मुहल्ला, यहूदी टोला; यहूदी जाति, यहूदी सम्प्रदाय।

Jezebel n. अपने चेहरेको रँगनेवाली स्त्री; परित्यक्ता, बदनाम या बेहया स्त्री।

jib[1] n. बाहु, वकयन्त्र या क्रेनका आगेका निकला हुआ हिस्सा, (जहाजमें सबसे आगेका) त्रिभुजाकार बादबान, (जहाजकी सबसे आगेकी) तिकोना पाल, जिब; cut of his ~ अपनी निजी सूरत, शक्ल, चेहरा; ~-boom

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

जहाजके अग्रभागका निकला हुआ मस्तूल; वह बही जो जहाजके तिरछे मस्तूलके आरपार लगी रहती है; ~-door द्वार प्रवाहिका या नाली जो अदृश्य रखनेके लिए प्रायः चित्रित दीवालसे ढकी रहती है; ~-topsail आगे सिरेवाला पाल।

jib[2] v.t. & i. (पाल आदिको) एक ओरसे दूसरी ओर हटाना; (पाल आदिका) इधर-उधर झोंका खाना, हटना; (ला०, घोड़ेका) आगे बढ़नेसे इनकार करना, अड़ना; आगे बढ़नेकी जगह अगल-बगल होना, आगे-पीछे करना, जमना; ~ *at* (किसी गति, मार्ग या व्यक्तिमें) घृणा प्रदर्शित करना, उदासीनता या अनिच्छा प्रकट करना, नाक-भौं चढ़ाना।

jibbah n. (विशे० मुसलमानोंका) ऊर्ध्ववस्त्र, उपरिवस्त्र, अंगरखा, जिब्बा।

jibber n. अड़ियल घोड़ा।

jibe v.t. व्यंग्य करना, उपहास करना, ताना मारना; जुगुप्सा करना, घृणा करना।

jiffy n. (बोल०) अत्यन्त अल्पकाल, अल्प समय, निमेष, क्षण, पल (*in a ~, wait half a ~*)।

jig[1] n. मनोहर नृत्य, अलबेला नाच; ऐसे नाचका संगीत; नाचकी गत; किसी कलके अंगोंको नचानेवाला यन्त्र।

jig[2] v. i. & t. नाचना, अलबेला नाच नाचना, तेजी और झटकेसे ऊपर और नीचे झूलना; चलनीमें रखकर पानीके भीतर झकझोर कर (कच्ची धातुके) मोटे और पतले कण अलग करना, छानना; ~saw छोटा आरा (खिलौने बनानेके लिए); ~saw puzzle चित्रखण्ड-प्रहेलिका, आरेसे कटे टुकड़े-टुकड़े चित्र।

jigger[1] n. छोटी चरखी जो रस्सीसे फिरती है, छोटा पाल; छड़ीकी टिकन (ग्रा०); पतले लौह-शिरकी गदा; नियारिया, नियारनेवाला; ~ mast चार पालोंकी नाव या पोतका सबसे पिछला पाल।

jigger[2] v.t. (केवल कर्मवाच्यमें) (शपथके रूपमें) *I'm ~ed* मेरी शपथ, अपनी कसम।

jigger[3] n. द्रुत नर्तक, जिग नाचनेवाला; चक्र, चाक; कुम्हारका चक्र, चाक; खनिक, नियारिया, (जो छलनियोंमें कच्ची धातुएँ छानता है); खनि-चालनी, खनिज-छलनी।

jiggered a. किंकर्त्तव्यविमूढ़, आश्चर्यचकित, घबराया हुआ, हक्का-बक्का।

jiggery-pockery n. प्रवंचन, ठगबाजी, छल, कपट, छलावा।

jigging n. (कच्ची धातु) चालना, छानना।

jiggish a. फुल्ल, प्रफुल्ल, हर्षित, मुदित, आनन्दित।

jiggle १. n. मन्द धक्का, हलका झटका; २. v.t. शनैः-शनैः झुलाना, धीरे-धीरे चलाना, हलके-हलके झटके देना, धीरे-धीरे धक्का देना।

jihad n. (ला०) साम्प्रदायिक युद्ध, सैद्धान्तिक संग्राम, किसी सिद्धान्तके विरुद्ध युद्ध; धर्मयुद्ध, विधर्मियोंके साथ मुसलमानोंकी धार्मिक लड़ाई, जिहाद।

jill n. युवती, नवयुवती, महिला, स्त्री, जवान औरत, लुगाई; ~-flirt दुश्चरित्रा, छिनार।

jillet n. चपला, कुलटा नवयुवती; हरजाई औरत, धोखेबाज औरत, छिनार।

jilt १. n. विप्रलम्भिका, प्रतारिका, वंचिका, छिनार; (क्व०) विप्रलम्भक, प्रतारक, वंचक, स्त्रीको प्रेममें धोखा देनेवाला पुरुष, छलिया; २. v.t. प्रतारना, छलना, ठगना, प्रेममें विश्वासघात करना, छल करना, धोखा देना।

Jim Crow ⊙ n. हब्शी, नीग्रो; नामी, लोहेकी छड़ (तथा रेलकी पटरीको स्क्रू या पेंचके दबावसे) सीधा करनेवाला यन्त्र; ~ car रेलमें हब्शियोंके लिए अलग किया हुआ या विशिष्ट डिब्बा।

jimmy n. JEMMY; (ग्रा०) पौण्ड, अशरफी।

jimp a. पूत, पावन, स्वच्छ, साफ-सुथरा; सुन्दर, खूबसूरत; स्वाकृति, सुन्दर आकारवाला, सुन्दर चेहरेवाला, सुघड़, छरहरा; हलका, थोड़ा।

jingle १. n. आयरलैण्ड या आस्ट्रेलियाकी टपदार दो-पहिया गाड़ी; अनुप्रासयुक्त कविता या छन्द; अनुप्रास, ध्वनिकी शब्दोंमें आवृत्ति; शिंजन, शिंजा, झनत्कार, झनकार, छनकार, छनछन, झनझन, टनटन; २. v.i. & t. (लेखक) अनुप्रास तथा तुक आदिसे पूर्ण होना; झनत्कार करना, छनकार करना; झनकारना, झनझनाना, छनछनाना, खनखन करना, टुनटुनाना।

jingo १. n. (pl. *-es*) दम्भपूर्ण देशभक्त, झगड़ालू नीतिका समर्थक, लड़ाकू नीतिको माननेवाला, शेखीबाज देशभक्त, या राजनीतिज्ञ; २. a. दम्भी, शेखीबाज; झगड़ालू, धक्केबाज; ३. int. दृढ़ोक्ति या शपथ, कसम (जैसे, *by ~, by the living ~ !*)।

jingoism n. दम्भपूर्ण देशभक्तकी नीति, झगड़ालू नीति, लड़ाकू नीति, जिंगोवाद; धक्केबाजी, धक्केशाही।

jingoist a. दम्भी देशभक्त, झगड़ालू नीतिका समर्थक, लड़ाकू नीतिको माननेवाला, शेखीबाज देशभक्त, झगड़ालू पालिसीका हामी; धक्केबाज।

jingoistic a. झगड़ालू नीतिका, लड़ाकू नीति-सम्बन्धी; धक्केबाजीवाला।

jink १. n. टाल-मटोल, खिसकाव; २. v. i. & t. टालना, टलना, खिसकना, सरकना, सरकाना; high ~s हास-विनोद, मनोविनोद, खेल-तमाशा।

jinn n. pl. भूत, प्रेत, शैतान, जिन्न, जिन।

jinnee :n. (pl. *jinn*, fem. *-yeh*), (मुसलमानी भूतविद्या) प्रेत, भूत, जिन्न।

jinricksha n. जापानी रिक्शा, जिनरिक्शा।

jinx ⊙ n. (ग्रा०) सत्यानाशी व्यक्ति, अशुभ व्यक्ति या वस्तु, करमकटा व्यक्ति, करमजरुआ।

jitter १. n. विश्वास, बल, भरोसा; उद्विग्नता, अत्यधिक उत्तेजना, अत्यधिक घबराहट; २. v. i. उत्तेजित होकर कार्य करना, उत्तेजित होना, काँपना, घबराना, घबराहटके साथ काम करना; ~bug अमरीकी नाच; घबरानेवाला आदमी।

jitters ⊙ n. pl. त्रास, असम्भावित भय, अतर्कित भय;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अति भय, अति आतंक, अतीव निराशा, संत्रास ।

jittery a. अति भीत, अति आतंकित, अतीव निराश, अतीव हतोत्साहित ।

jiu-jitsu n. जु-जित्सू, जापानी कुश्ती ।

jo n. प्रणयिनी, प्रेयसी, प्रियतमा, प्यारी ।

job[1] n. कर्त्तव्य, कार्य, व्यक्तिगत लाभके लिए लेन-देन; (बोल०) कामकाज, काम, धन्धा, नौकरी, चाकरी; श्रम, कृत्यक (*~ account, ~ analysis*), छोटा-मोटा काम, ठेकेका काम, मजदूरी; bad ~ निष्फल कार्य, वह काम जिसमें परिश्रम ही परिश्रम हो, नाकाम कोशिश; ~master किराये पर घोड़ा-गाड़ी देनेवाला; *do person's ~* नष्ट कर देना, मार डालना, समाप्त कर देना, सत्यानाश करना; *on the ~* (ग्रा०) तत्पर, सावधान, चौकस; कार्यरत, काममें लगा हुआ ।

job[2] v.i. & t. किसी बातको अनुचित या गन्दे ढंगसे देखना; सार्वजनिक वस्तुका व्यक्तिगत लाभसे उपयोग करना; दलालके रूपमें माल खरीदना या बेचना, दलाली करना; निश्चित समय या कार्यके लिए घोड़ा या गाड़ी किरायेपर लेना या देना; काम करना, छोटा-मोटा काम करना, धन्धा करना, नौकरी करना, चाकरी करना, मजदूरी करना; करते जाना, जारी रखना ○ ।

job[3] १. n. हलका घाव, चोट, चुभन, घुसेड़; २. v. i. & t. (किसी वस्तुमें) घुसना, चुभना; (घोड़ेको) लगामके दहानेसे झटकना; हलका घाव लगाना, घायल करना, चुभोना, भोंकना ।

Job[4] n. पोपसे नीचे दर्जेका पादरी जिसकी कहानी Book of Job, O. T. में मिलती है; ~'s comforter वह जो आराम देनेवालेके वेशमें दुःख देता है, *would try the patience of ~* उबा देता है ।

jobation n. (बोल०) तीव्र भर्त्सना, कड़ी फटकार, कड़ी डाँट ।

jobber n. घूस लेनेवाला; ठेकेदार, किरायेपर लेने-देनेवाला; व्यापारी दलाल, मुकद्दम, आढ़तिया ।

jobbernowl n. (बोल०) उल्लू, बुद्धू, भोंदू ।

jobbery n. स्वार्थाचार, स्वार्थ-साधन, अनाचार, क्षुद्र कार्य, दुर्भावनापूर्ण काम; दलाली, आढ़त; घूसखोरी, बेईमानी ।

Jock n. हाइलैण्डका सिपाही या सैनिक ।

jockey १. n. (pl. *-s*) युवक, लड़का, छोकरा; धावक; घुड़दौड़का पेशेवर घुड़सवार, जाकी, (बोल०में हाइलैण्डका सिपाही भी); ठग, मक्कार; २. v.t. & i (*away, in, out* के साथ) प्रतारना, छलना, धोखा देना, ठगना, दगा करना; ठगाना, धोखा खाना; छलसे किसीको बाहर करना या अन्दर लाना; J~ Club न्यू मार्केटमें स्थापित क्लब या गोष्ठी; घुड़दौड़ समिति ।

jockeydom n. छोकरोंका दल या कार्य ।

jockeyism n. अश्वारोहणाभ्यास, घुड़सवारी (का अभ्यास) ।

jockeyship n. घुड़दौड़के पेशेवर घुड़सवारकी मजदूरी या भाड़ा ।

jocko (pl. *-s*) एक प्रकारका वनमानुष ।

jocose a. हास्यपूर्ण, परिहासपूर्ण, विनोदात्मक; विनोदी, प्रमोदी, परिहासक, ठट्ठेबाज, मसखरा, दिल्लगीबाज, मजाकिया, खुशमिजाज, हँसोड़ ।

jocoseness, jocosity nn. प्रमोद, हास्य, विनोद, परिहास, ठट्ठा, मसखरापन, ठिठोलियापन, ठट्ठेबाजी, खुशमिजाजी ।

jocular a. परिहासपूर्ण, हास्यात्मक, प्रमोदपूर्ण, विनोदात्मक, रसिक, आनन्दी, आनन्ददायक, हास्यप्रिय, सरस, दिल्लगीबाज, हँसोड़ ।

jocularity n. परिहास, हास्य, प्रमोद, विनोद, आनन्द, हास्यप्रियता, रसिकता, सरसता, ठट्ठेबाजी ।

jocund a. प्रहृष्ट, मुदित, प्रमुदित, आनन्दहृदय, प्रसन्नहृदय, प्रसन्नचित्त, आनन्दी, हँसमुख, हँसोड़, रंगीला, जिन्दादिल ।

jocundity n. प्रहर्ष, मोद, प्रमोद, आनन्द, उल्लास, रँगीलापन, जिन्दादिली ।

jodhpurs n. चूड़ीदार (जोधपुरी) पायजामा ।

Joe n. (ग्रा०) अस्वीकृति, इन्कार; *not for ~* मेरे लिए नहीं ।

Joe Miller n. चेस्टनट, बादामकी जातिका एक फल; विकृत हास्य, निःस्वाद व्यंग्य, सड़ा मजाक, बासी मजाक ।

joey n. (pl. *-s*) धानी कुरंगक, धानी शिशुकुरंगक, शिशुकंगारू, छोटा कंगारू, कंगारूका बच्चा; चवन्नी (बोल०) ।

jog १. n. मन्द गति, धीमी चाल; हिलाव, धक्का, हचकोला, झटका, हलकी, दुलकी; २. v.t. & i. (*on, along* के साथ) कष्टपूर्वक चलना, मुश्किलसे पैर उठाना, कठिनाईसे कदम उठाना, सपरिश्रम डेग बढ़ाना, घिसटना, गिरते-पड़ते चलना; झूमते हुए चलना, हिलते-डुलते जाना; स्मरण करना या कराना, स्मृति जाग्रत करना या कराना, याद ताजा करना या कराना; व्यक्तिको कोहनीसे मारना या धक्का देना, हिलाना, डुलाना; प्रस्थान करना, चल देना, राह लेना, रवाना होना (*we must be ~ging*); किसी न किसी तरह काम चल जाना, किसी न किसी तरह समय बिताना (*we must ~ on somehow*); ~trot मन्दगति, धीमी चाल, हलकी दुलकी, ठुमुक चाल, (ला०) सामान्य गति या चाल ।

jogger n. अक्षिप्रगामी व्यक्ति, अद्रुतगामी पुरुष, धीरे-धीरे चलनेवाला ।

joggle[1] १. n. हचकोला, हलका-सा झटका, हलका धक्का, झोंका; २. v.t. & i. हचकोला देना, झकझोरना, झटकेसे हिलाना या हिलना, धक्के देना ।

joggle[2] १. n. दन्दाना, दो टुकड़ोंमेंसे एकका दाँता, जोड़नेवाली कील या पच्चर; लकड़ीके टुकड़ों या पत्थरके टुकड़ोंका जोड़; २. v.t. दो टुकड़ोंको पच्चरके द्वारा जोड़ना ।

Johannisberger n. रेइंगोके जोहानिसवर्गकी सफेद और बढ़िया शराब ।

John n. ईसाइयोंका पुरुषवाची नाम; ~ Bull पक्का

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

अंग्रेज; अंग्रेजी राष्ट्र; ~ Chinaman यथार्थमें चीन निवासी; पक्का चीनी; ~ Company ईस्ट इण्डिया कम्पनी; ~ Doe कानूनमें कल्पित व्यक्तिका नाम; ~-O'-Groat's (-House) स्काटलैण्डका उत्तरी प्रदेश; *from ~-O'-Groat's to Land's End* पूरा ग्रेटब्रिटेन होकर; *~'s disease* पुराना अतिसार।

Johnian १. n. सेण्ट जॉन्स कॉलेज कैम्ब्रिजका सदस्य; २. a. सेण्ट जॉन्स कॉलेज कैम्ब्रजका या तत्सम्बन्धी।

johnny n. छैला या बाँका यक्ति; J~ Raw अनुभवहीन, अनगढ़ नौसिखिया।

Johnsonese n. जॉन्सनकीसी शैली, दुरूह लेख।

joilt ⊙ n. = BLOW.

join* १. n. संगम, योजन-रेखा, रेखा, केन्द्र-बिन्दु, नुक्ता; २. v.t. & i. (दो बिन्दुओंको) सीधी रेखा द्वारा मिलाना, गठबन्धन करना या होना, ब्याह करना या कराना, गाँठ जोड़ना; मैत्री होना या करना या कराना, दोस्ती करना या कराना; दूसरोंके साथ हिस्सा बँटाना; संयुक्त करना या होना; इकट्ठा करना, मिलाना, मिलना, जुटना, जोड़ना*, साँटना, सटना, सटाना, गठना, गाँठना, लगाना, भिड़ाना, चिपकना, चिपकाना, शामिल करना या होना; सभासद होना, सभाका सदस्य होना या बनना; कार्य ग्रहण करना, स्थान प्राप्त करना, जगह पाना; सेवा आरम्भ करना, सम्बन्धित होना, आ मिलना (*the Cherwell ~s the Thames below Oxford*); साथ आना (व्यक्तिके), साथ होना; ~ing time कार्यग्रहण काल; *~ battle* युद्ध आरम्भ करना, लड़ाई शुरू करना; *~ hands* हाथ मिलाना, अपने हाथोंको मिलाकर बाँधना; (ला०) व्यवसाय या काममें सम्मिलित होना या शामिल होना; *~ issue* सम्मिलित होना, साथ देना; *~ up* भरती होना।

joinder n. (कानून) संयोजन, जोड़ ऐक्य, मिलाव।

joiner n. योजक, बढ़ई, कठिहार, जोड़नेवाला, मिलानेवाला।

joinering n. काष्ठकरण, कठिहारी, कठिहारेका काम, बढ़ईका काम।

joinery n. योजकर्म, बढ़ईका काम, बढ़ईगीरी, फर्नीचर आदिका पेशा या कारखाना।

joining n. जोड़, गाँठ।

joint १. n. ग्रन्थि, सन्धि, मिलाव, जोड़, गाँठ (हड्डियोंका भी); कब्जा, वह बिन्दु या उद्भावित यन्त्र (जिससे दो कृत्रिम ढाँचे इस ढंगसे मिलाये जाते हैं कि वह गतिशील रहे); चट्टानकी दरार अथवा गर्त या बिवर; अवयव, अंग; वृक्षका स्कन्ध या प्रकाण्ड (जहाँसे शाखाएँ या पत्तियाँ निकलती हैं); (ग्रा०) अफीमका गैरकानूनी या गुप्त अड्डा; मद्यशाला, शराबखाना ⊙; २. v.t. ग्रन्थि बैठाना, सन्धि जोड़ना; मिलाना, गिरह बाँधना, गाँठ लगाना, जोड़ मिलाना, जोड़ लगाना, टुकड़े-टुकड़े जोड़ना; अंगभंग करना, अवयवों को जोड़परसे काटना या टुकड़े-टुकड़े काटना; इमारतके रद्देमें जोड़को गारेसे भरना; किसी दो ढाँचोंको जोड़ना या मिलाना; ३. a. मिश्रित, सम्मिश्रित, संयुक्त, समवेत, मिला-जुला (*~ action*); अविभक्त, साझेका; साझेदार (*~ owners*); ~ family अविभक्त परिवार, संयुक्त परिवार या कुटुम्ब; ~ secretary सहसचिव; ~ stock सामूहिक निधि, साझा धन; संयुक्त पूँजी, सम्मिलित पूँजी; संयुक्त पूँजीके आधारपर निर्मित या चालित (*~ stock bank*); ~ stool वह तिपाई जिसके प्रत्येक भाग अलग किये जा सकें; *during their ~ lives* जबतक वे दोनों जीवित रहें; *out of ~* (हड्डियाँ) सन्धिसे स्थानान्तरित, जोड़से उतरा हुआ; विशृंखलित, क्रमरहित, गड़मड, बेसिलसिला;

~ account, ~ author, ~ capital, ~ committee, ~ electorate, ~ heir, ~ liability, ~ opinion, ~ petition, ~ security, ~ session, ~ supply, ~ tenant, ~ venture, ~ will.

jointed a. सन्धिमय, सन्धि-युक्त, गठीला, गठीले जोड़वाला।

jointer n. बिजलीके तारोंको जोड़नेवाला कारीगर; टुकड़ोंको जोड़नेवाला; कन्नी, राजका गारा भरनेवाला औजार; जोड़की तख्ती।

jointing n. सन्धिकरण, सन्धि-योग, सन्धि-निर्माण, जोड़ बनाना, जोड़ मिलाना।

jointless a. ग्रन्थिहीन, सन्धिरहित, बिना गाँठका, बिना जोड़का; स्कन्धरहित; बिवर या दरारहीन।

jointress n. स्त्रीधनवाली बिधवा, वह स्त्री जिसके नाम पतिकी सम्पत्ति लिखी हो।

jointure १. n. बिधवाधन, स्त्रीधन, वह सम्पत्ति जो पत्नीको पतिकी मृत्युके उपरान्त उपभोग करनेके लिए लिख दी गयी हो; २. v.t. स्त्रीके नाम सम्पत्ति लिख देना, स्त्रीके नाम धनका बसीयतनामा लिखना।

joist n. धरणिका, कड़ी, धरन, बल्ली, शहतीर, धन्नी।

joisted a. धरणिकायुक्त, कड़ीवाला, धरनयुक्त, बल्लीदार, शहतीरदार, धन्नीदार।

joke १. n. परिहास, उपहास, विनोद, हास्य, हँसी, मजाक, ठट्ठा, दिल्लगी, खिल्ली, ठठोली, लतीफा; उपहासजनक स्थिति, व्यंग्यपूर्ण परिस्थिति; २. v.t. & i. परिहास करना, उपहास करना, विनोद करना, हँसी करना, मजाक करना, दिल्लगी करना, ठट्ठा करना, ठठोली करना, मसखरापन करना, छेड़ना, खिल्ली उड़ाना; practical ~ व्यावहारिक परिहास, मजाककी हरकत; *it is no ~* बात गम्भीर है।

jokelet n. लघु उपहास, तुच्छ विनोद, ओछा हँसी-मजाक।

joker n. (ताशमें) वह बेजोड़ पत्ता जिसमें सबसे अधिक ट्रम्प रहता है, जोकर; (ग्रा०) व्यक्ति, आदमी; विदूषक, मसखरा, मजाकिया, भाँड, हँसी करनेवाला, ठठोलिया, दिल्लगीबाज।

joking n. उपहास, मजाक, हँसी ठट्ठा।

joky a. परिहासपूर्ण, विनोदात्मक, हँसी-मजाकवाला, खिल्लीभरा।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

jollied ⊙ a. प्रसन्नचित्त, आनन्दी।

jollification n. विनोदीकरण, आनन्द, प्रफुल्लता, रंगरेलियाँ, मौज-बहार, मस्ती।

jollify v. i. & t. आनन्द मनाना, रंगरेलियाँ मनाना, खुशियाँ मनाना; प्रफुल्लित होना या करना, आनन्दित करना या होना, मस्त करना या होना।

jolliness n. प्रमोद, आनन्द, हर्ष, खुशी।

jollity n. प्रहर्ष, आनन्द, उल्लास, उत्सव, आमोद-प्रमोद, रंग रस, रास-रंग, चहचहे, कहकहे, ऐश, जश्न।

jolly १. n. (ग्रा०) राजकीय जहाजी बेड़ा; २. v.t. चाटुकारी करना, चापलूसी करना, खुशामद करना; प्रसन्न करना, प्रफुल्लित करना, परिहास करना, हँसी करना, ठठोली करना, ठट्ठा करना, मजाक करना, दिल्लगी करना; ३. a. प्रमत्त, मस्त, हलकी चढ़ाये हुए; उत्सव-सम्बन्धी, आनन्दका; (बोल०) आनन्दी, जिन्दादिल, खुशमिजाज (प्रायः व्यंग्यपूर्ण) (*he must be a ~ fool to do it*), प्रमोदप्रिय, परिहासशील; मग्न, विनोदशील, विनोदी, रसिक, मस्त, खुश; उल्लसित, सानन्द, प्रहृष्ट, प्रमुदित, आनन्दित, प्रसन्नचित्त; आनन्दमय, मनोहर, मनोरम; ४. adv. (बोल०) अधिक, बहुत *he will be ~ savage*); ~-boat जहाजकी छोटी नाव; the ~ god कामदेव।

jolt १. n. संक्षोभ, उद्घात, झटका, हचका, हचकोला, धक्का; २. v.t. & i. झटका देकर हिलाना, हचका देना, धक्के देना, हचकोला मारना।

jolter n. धक्का देनेवाला, झटका देनेवाला।

jolty a. झटका देनेवाला, झटकेके साथ चलनेवाला, हचका देनेवाला।

Jonah n. दुर्भाग्यशील, अभागा, करमघटुआ, करमजरुआ, मनहूस आदमी, वह व्यक्ति जो मनहूस समझा जाकर देवताओंको बलि दिया जाता है।

Jonathan n. (*Brother ~* भी) संयुक्तराष्ट्र अमेरिकका आदर्श निवासी; रेगिस्तानी सेवका एक भेद।

jongleur n. भ्रामी गन्धर्व, भ्रमणशील चारण, घुमक्कड़ भाँट।

jonquil n. एक प्रकारका नरगिस या डैफोडिल फूल।

jordan n. मूत्रपात्र, पेशाबदान, पाखानेका बर्तन।

Jordan almond n. मलागाका एक किस्मका बढ़िया बादाम।

jorum n. पानपात्र, प्यालाभर शराब, शराबका प्याला, जाम।

joseph n. (*J~* भी) धर्मनिष्ठ व्यक्ति, साधु पुरुष, धार्मिक, व्यक्ति, संयमी, ब्रह्मचारी; १८वीं शताब्दीमें स्त्रियोंकी घुड़सवारीकी लम्बी पोशाक।

joskin n. (ग्रा०) अशिष्ट व्यक्ति, असभ्य पुरुष, उद्धत व्यक्ति, उजड्ड आदमी, घामड़, देहाती आदमी, गँवार, लण्ठ।

joss n. चीनकी देव प्रतिमा या मूर्त्ति; ~-house चीनी मन्दिर; ~-stick चीनी धूप; अगरकी किसकी बत्ती जो सुगन्धिके लिए जलाते हैं।

josser n. मूढ़ पुरुष, मूर्ख व्यक्ति, गँवार आदमी; लड़का, छोकरा, छोकड़ा (बोल०)।

jostle १. n. धक्कम-धक्का, टक्कर, ठेल-पेल; २. v. i. & t. किसी वस्तुके लिए किसी व्यक्तिसे झगड़ना; धक्का देकर हटाना, धक्कम-धक्का करना, कुहनी मारना, झटकना, झटका देना, धक्का देना, धक्का खाना, रेल-पेल करना, ठेलना, ढकेलना, टकराना।

jot n. अत्यल्प, किंचित्, लेश, कण, लवमात्र, रत्ती, तिल, बहुत कम, थोड़ा, जरा; २. v.t. (प्रायः ~ *down*) शीघ्र लिखना, संक्षेपमें लिखना, थोड़ा-सा लिखना, जल्दी-जल्दी लिखना, लिख रखना, टाँकना।

jotting n. स्मृति-पत्र, टिप्पणी; ~ error टिप्पण भूल।

joule n. यूर्जा, (विद्युत्) कार्य या शक्तिकी इकाई।

jounce १. v.t. धक्का देना, झटका देना, झझकोरना, धकियाना, झटकारना; २. n. झटका, झझकोर, झकझोर, टिप्पा।

journal n. दैनिकी, दैनिक पंजी, रोजनामचा; चिट्ठा, घटनाओंका दैनिक अभिलेख; दैनिक समाचार-पत्र, दैनिक अखबार; पत्रिका, सामयिक पत्र-पत्रिका; जहाजका रोजनामचा या दैनन्दिनी; शहतीर या धुरेका वह हिस्सा जो कमानीके सहारे हो; बही-खाता; ~-box वह चूल जो धुरी और कमानीके नीचे ऊपर हो, निम्नमिधान; the ~s संसदका दैनिक अभिलेख या वृत्त-पत्र; संसद्-पत्रिका;

~ entry, ~ friction, ~ proper, ~ register.

journalese n. समाचार-पत्रोंकी शैली या भाषा, अखबारी बोली।

journalism n. पत्रकारिता, अखबार-नवीसी।

journalist n. पत्रकार, अखबार नवीस।

journalistic a. पत्रकारिता-सम्बन्धी, पत्रकारिताका, अखबार नवीसोंका।

journalize v.t. & i. अभिलिखित करना, पंजीयन करना, व्यक्तिगत दैनिकी रखना, रोजनामचा लिखना, रोजनामचेमें दर्ज करना।

journey १. n. (pl. ~*s*) (स्थल) पर्यटन, प्रवास, भ्रमण, यात्रा, सैर (किसी निश्चित समयके लिए, *4 day's ~*); देशाटन, सफर, परिभ्रमण (प्रायः पृथ्वीका); २. v.t. पर्यटन करना, देशाटन करना, भ्रमण करना, यात्रा करना, सैर करना, सफर करना; ~man[1] परसेवी शिल्पकार, कमेरा, दूसरोंके लिए काम करनेवाला योग्य कारीगर या मिस्तरी; ~man[2] (ज्योतिष) गौण पर्यवेक्षणकारी राशि; ~-work दैनिक वेतनका काम, ठीकेका काम; *take, undertake, perform, a ~* यात्रा करना;

~ charges, ~ log book, ~ purposes, ~ ticket, ~ undertaken.

journeyer n. पर्यटक, प्रवासी, यात्री, मुसाफिर।

joust, just १. n. घोड़ेपर सवार दो नाइटोंके बीच भाले या बर्छीसे युद्ध; २. v. i. भाले या बर्छीसे युद्ध करना, लड़ना।

Jove[1] n. बृहस्पति, रोमका प्रधान देवता, जुपिटर, गुरु;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

by ~ गुरुभगवान्‌की शपथ, जुपिटरकी कसम।

jovial a. प्रमोदकारी, आमोदजनक, मनोरम, उत्सव-सम्बन्धी; प्रहृष्ट, आनन्दी, आनन्दमग्न, प्रसन्नचित्त, प्रफुल्लित, प्रसन्न, हँसमुख, हँसोड़, जिन्दादिल, खुश-मिजाज।

joviality n. प्रहर्ष, प्रसन्नता, प्रफुल्लता, आनन्द, जिन्दादिली, खुशमिजाजी।

jovialness n. = JOVIALITY.

Jovian a. बृहस्पतिका, गुरुका; जोवसदृश, जोवके समान, जुपिटर-सम्बन्धी, जुपिटरका।

jowl n. कपोल, गाल; जबड़ा, जबड़ेकी हड्डी; सालमन या दूसरी मछलियोंका सिर और गर्दन; गल-कम्बल, चिड़ियोंके गलेका पोटा, गर्दनपर लटकनेवाला मांस; *cheek by* ~ दे० CHEEK.

jowler n. आयतहनु कुक्कुर, बड़े जबड़ेका कुत्ता।

joy[1] n. उल्लास, हर्ष, प्रफुल्लता, आनन्द, प्रसन्नता, मोद, खुशी; आनन्दमयी वस्तु, प्रसन्नता उत्पन्न करनेवाली चीज; ~-bells उत्सवोंपर बजनेवाले घण्टे; ~-ride (ग्रा०) चोरीकी सैर, मोटर वगैरहकी सैर; ~stick (ग्रा०) हवाई जहाजको काबूमें रखनेवाला यन्त्र।

joy[2] v. i. & t. आनन्दित करना या होना, हर्षित होना या करना, आनन्द मनाना, प्रसन्न करना या होना, निहाल करना, खुश होना या करना, बागबाग होना या कर देना।

joyance n. प्रमोद, आनन्द, उल्लास, उत्सव।

joyful a. आनन्दित, हर्षित, उल्लसित, मुदित, प्रसन्न, खुश।

joyfulness n. प्रफुल्लता, उल्लास, आनन्द, हर्ष, प्रसन्नता, प्रसन्नचित्तता, खुशी।

joyless a. आनन्दशून्य, निरानन्द, दुःखी, आनन्द-रहित, हर्षरहित, मोदरहित, अप्रसन्न, खिन्न, उदास, नाखुश, बेमजा।

joylessness n. आनन्दशून्यता, निरानन्दता, आनन्द-राहित्य, हर्ष-राहित्य, मोद-राहित्य, खिन्नता, मोदाभाव, अप्रसन्नता, उदासी, मनहूसी, बेमजापन।

joyous a. हर्षोत्फुल्ल, आनन्दपूर्ण, आनन्दमय, आनन्द-दायक, हर्षजनक, उल्लासकारी, मोदमय, हर्षित, आनन्दित, प्रसन्न, खुश।

joyousness n. हर्षोत्फुल्लता, आनन्दपूर्णता, आनन्द-मयता, आनन्ददायकता, हर्षजनकता, उल्लासकारिता, मोदमयता, प्रसन्नता।

juba[1] n. केसर, सटा, अयाल, आल; (वन०) चुटिया।

juba[2] n. जूबा, (प्राचीन नीग्रो नृत्य)।

jubate a. केसरी, सटायुक्त, अयालवाला, आलवाला।

jubbah n. अँगरखा, जुब्बा।

jubilance, jubilation nn. हर्षोत्सव, आनन्द, प्रमोद, प्रफुल्लता, उल्लास, आह्लाद, रंगरेली, खुशी।

jubilant a. हर्षित, आनन्दित, प्रमुदित, प्रफुल्लित, हर्षोत्फुल्ल, उल्लसित, खुश।

jubilate v. i. हर्ष मनाना, आनन्दित होना, प्रमुदित होना, प्रफुल्ल होना, उल्लसित होना, आनन्द मनाना, उल्लास प्रकट करना; खुशी मनाना।

jubilation n. हर्षोद्घोष, आनन्दोद्गार, प्रमोदाभिव्यक्ति, उल्लासाभिव्यक्ति; = JUBILANCE.

jubilee n. पापके दण्डसे मुक्त करनेका वर्ष; प्रहर्ष, अत्यानन्द, अतिप्रसन्नता; महोत्सवानन्द, जयन्ती, उत्सव-काल, बड़े हर्ष या आनन्द प्रमोदका समय; Diamond J~ हीरकजयन्ती, साठवें वर्षका महोत्सव, साठवाँ वर्ष; Golden ~ स्वर्णजयन्ती, पचासवें वर्षका महोत्सव, पचासवाँ वर्षगाँठ; Silver J~ रजतजयन्ती, पचीसवें वर्षका महोत्सव, पचीसवाँ वर्षगाँठ।

Judaic a. यहूदी, यहूदा-सम्बन्धी।

Judaical a. = JUDAIC.

Judaism n. यहूदी धर्म, यहूदीपन, यहूदियत।

Judaist n. यहूदी, यहूदाका अनुयायी।

Judaization n. यहूदीकरण, यहूदी बनाना; यहूदी-परम्परानुगमन, यहूदी-व्यवहारानुसरण।

Judaize v. i. & t. यहूदी बनाना, यहूदी रंगमें रँगना; यहूदीय प्रथाओं या धार्मिक कृत्योंका अनुसरण करना, पालन करना या मानना।

Judaizer n. यहूदीकारक, यहूदी बनानेवाला; यहूदी-परम्परानुगन्ता, यहूदी-व्यवहारका अनुसरण करनेवाला।

Judas n (*j*~ भी) झाँकनेके लिए द्वारमें छिद्र; यहूदा, यीशुके साथ कपट करनेवाला उनका शिष्य, यीशुका अभक्त शिष्य, कुख्यात विश्वासघाती, राजद्रोही, देशद्रोही, बागी, गद्दार; J~-colour रक्तवर्ण, लाल रंग; J~-coloured रक्तवर्णकी (दाढ़ी आदि); J~-tree एक बैंगनी फूलवाला पेड़।

judge* १. n. विशेषज्ञ, गुणदोषज्ञ, परीक्षक, रसज्ञ, (*am no* ~ *of that*); निर्णेता, निर्णायक, पंच; न्यायाधीश, न्यायाध्यक्ष, धर्माध्यक्ष, धर्माधिकारी, अधि-करणिक, विचाराधिपति; न्यायकर्त्ता, दण्डनायक, जज; (ईश्वर) सर्वोच्च निर्णायक, महान् न्यायाधीश; इजरायलमें जोशुआके और राजाओंके शासनकालके बीच एक अस्थायी अधिकारी या अफसर; (pl.) बाइबिलकी पुस्तक; २. v.t. & i. निर्णय करना, तय करना, फैसला करना; (किसी व्यक्तिके विषयमें उसके कार्योंकी सहायता-से) अनुमान लगाना, धारणा बनाना, विचार बनाना, राय बनाना; मुकदमा सुनना, मामलेकी सुनवाई करना; न्यायालयमें दण्डाज्ञा देना; (तथ्योंके आधारपर किसी वस्तुके विषयमें) निर्णयपर पहुँचना, विचार बनाना; निर्णय बनाना, हुक्म या फैसला बनाना; न्यायाधीश या निर्णायकके रूपमें काम करना; J~-Advocate General न्यायाधीश-महाधिवक्ता, न्यायालयका सर्वोच्चाधिकारी; ~-made law न्यायाधीश-कृत विधि, न्यायाधीशके निर्णयोंपर आधारित सिद्धान्त।

judgematic, -al aa. (बोल०) प्राज्ञ, चतुर, विवेकी, विवेकशील, समझदार।

judgement, -gment n. निर्णय, विनिर्णय, फैसला; निर्धारण, निश्चय, संकल्प; गुण-दोषविवेचन, विवेचन,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

परिच्छेद; अनुमान, विचार, राय (*in my ~*); विचारणशक्ति, विचक्षणता, विवेकशीलता, विवेक; प्रज्ञा, बुद्धि, चतुरता, समझ; (दैवकोपका प्रतीक स्वरूप) दुर्भाग्य, दरिद्र (*it is a ~ on you for getting up late*); ~ creditor निर्णीत उत्तमर्ण, निर्णीत ऋणदाता, आज्ञप्तिधारी, डिगरीदार; ~-day कल्पान्त दिवस, प्रलय-दिवस, निर्णय-दिवस, अन्तिम हिसाबका दिन; ~ debt निर्णीत ऋण; ~ debtor निर्णीत अधमर्ण, निर्णीत ऋणी; ~-seat न्यायपीठ, न्यायासन, धर्मासन; *the last* ~ प्रलयके समय ईश्वर प्रदत्त निर्णय या न्याय।

judger n. न्यायकर्ता, निर्णायक, निर्णय करनेवाला।

judgeship n. न्यायाध्यक्षत्व, न्यायाधीशत्व, न्यायाधीश-पद।

judicable a. न्यायायोग्य, विचारणीय, निर्णययोग्य।

judicate v.t. & i. = JUDGE; विवेचन करना।

judication n. विवेचन; निर्णय, न्याय, फैसला।

judicative a. न्याय या निर्णय देनेका अधिकारी, न्यायाधिकारसम्पन्न; विवेकी।

judicator n. विवेचक, विवेक्ता; न्यायाधीश, निर्णायक, जज।

judicatory १. n. न्यायकरण, निर्णयदान; धर्मसभा, व्यवहाराधिकरण, न्यायसभा, न्यायालय, अदालत, कचहरी, कोर्ट; २. a. निर्णयात्मक, विवेचनात्मक।

judicature n. न्यायालय, धर्मसभा, न्यायसभा, न्यायपालिका, न्यायसंहति; न्यायाधीशसमूह, न्यायाध्यक्षसमुदाय, न्यायाधीश-गण; न्यायाधीशका कार्यकाल; न्यायकरण; निर्णयदान; न्यायशासन, न्यायाधिकार, अधिकारक्षेत्र; Supreme Court of J~ सर्वोच्च न्यायालय।

judicial a. न्यायिक, निष्पक्ष, पक्षपातहीन; वैचारिक, विचारात्मक, विवेचनात्मक; न्यायाधीशोचित, न्यायाध्यक्षके उपयुक्त, न्यायाध्यक्षके अनुरूप, न्यायाधीशीय, न्यायाध्यक्षीय, न्यायाधीशका, जजी; निर्णायक, न्यायप्रदाता, न्यायकारी (*a ~ assembly*); न्यायालयोचित, न्यायालयीय, न्यायसभाके उपयुक्त, न्यायसभाका, न्यायालय द्वारा किया गया, अदालती; ईश्वरीय न्यायके रूपमें दण्ड प्राप्त; ~ murder वैधानिक परन्तु न्यायविरुद्ध मृत्युदण्ड; ~ separation पति-पत्नीका वैध वियोग; ~ act, ~ authority, ~ clerk, ~ cognizance, ~ commissioner, ~ confession, ~ custody, ~ discretion, ~ enquiry, ~ function, ~ law, ~ officer, ~ opinion, ~ order, ~ power, ~ service, ~ stamp, ~ trial, ~ tribunal, ~ work, ~ writ.

judiciary n. न्यायांग, न्यायसंहति, न्यायपालिका; न्यायाधीशोंका समुदाय, न्यायकर्त्ता, सामूहिक रूपमें किसी राज्यके न्यायाधीश या न्यायाध्यक्ष, न्यायविभाग।

judicious a. व्यवहारकुशल; प्राज्ञ, चतुर, दूरदर्शी, बुद्धिमान, सावधान, समझदार; विवेकी, विवेकशील, सूक्ष्मदर्शी; न्यायसम्मत, उचित, सविवेक, युक्त।

laughable a. हास्यकारक, हास्यजनक, मनोरंजक; हँसने लायक।
laugher n. हँसनेवाला, मसखरा।
laughing[1] n. हास्य, अट्टहास, विहसन, मुस्कुराहट, हँसी, खिलखिलाहट; ~-stock उपहास-पात्र, भड़ुआ।
laughing[2] a. हास्यमय, हँसनेवाला।
laughsome a. हासोत्तेजक, हँसानेवाला; हासोन्मुख, हँसोड़।
laughter n. हास्यध्वनि, हँसी, खिलखिलाहट, ठहाका, कहकहा; स्मिति, मुसकान; अवहास, उपहास; Homeric ~ अट्टहास, जोरके कहकहे।
laughworthy a. प्रहसनीय, हँसने योग्य, जिसपर हँसी आये।
laumontite n. जलसैकतिज।
launch[1] n. (पोतका) जलावतरण, उतराई।
launch[2] v.t. & i. (क्षेपण-यन्त्रसे) प्रहार करना; फेंकना, डालना; टूट पड़ना, पिल पड़ना; अतिव्यय करना, खूब खर्च करना; क्रुद्ध हो जाना, बिगड़ बैठना; शब्द-वर्षा करना, डाँट-फटकार करना; (पोतको) जलावतीर्ण करना, जलमें उतारना; चलाना, विदा करना, विदा देना; सूत्रपात करना, समारम्भ करना, आरम्भ करना (~ *a scheme*); प्रयाण करना, प्रस्थान करना।
launch[3] n. प्रमोद-तरिणी, विहार-नौका, सैर-सपाटेकी लाँच-बोट; युद्ध-पोतकी बड़ी नाव।
launder v.t. & i. वस्त्र सजाना, कपड़े धोना।
launderer n. रजक, धोबी; धोनेकी कम्पनी।
laundress n. धोबिन; (*Inns of court* की) परिचारिका, सेविका।
laundry n. धावनी, धुलाईघर, धोबीखाना, लॉण्ड्री;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ block, ~ blue, ~ iron, ~ -maid, ~man, ~ work.

laura n. (विशे० मरुभूमिमें संन्यासियोंका) आश्रम, गुहा, कुटिया।

laureate a. & n. लारेल-भूषित, लारेलयुक्त, लारेल-पत्र ग्रथित (माल्य, हार); कविरूपसे प्रतिष्ठा पात्र, कविरूपमें वैशिष्ट्य-प्राप्त; *poet* ~ राजकवि।

laureateship n. राजकविका पद।

laureation n. (विश्वविद्यालयमें) उपाधि-वितरण, उपाधि-दान।

laurel[1] n. बे-वृक्षकी पत्तियाँ (जो काव्य-वैशिष्ट्यके प्रतीक-स्वरूप दी जाती है); (चमकदार पत्तियोंवाली एक) गुल्म, झाड़ी; जयपत्र; वैशिष्ट्य; *look to one's ~s* मर्यादा बनाये रखना; *reap, win, ~s* विजयी होना, सफल होना; *rest on one's ~s* (और अधिक प्रतिष्ठा-के लिए) निरुद्यम होना, अपनी ख्यातिसे सन्तुष्ट होना।

laurel[2] v.t. लारेलके पत्र-माल्यसे अलकृत करना, लारेलका मुकुट किसीके सिरपर रखना, प्रतिष्ठित करना।

laurelled a. जयपत्राभूषित, सम्मानित, प्रतिष्ठित।

lauriferous a. जयपत्रोत्पादक, जयपत्रजनक।

laurin n. (जयपत्रकी गिरीका) तेल।

laurite n. नक्षर-खनिज।

laurustinus, -res- nn. एक सदाबहार फूलदार पौधा।

lautu n. (प्राचीन पीरुमें राजाओं द्वारा शिरोवेष्टनके रूपमे प्रयुक्त) ऊर्णरज्जु, ऊनकी रस्सी।

lava n. भूराल, लावा, (ज्वालामुखीके अन्दरसे निकला हुआ उष्ण तरल-पदार्थ); (pl.) लावास्तर, लावाके प्रकार; अपरक्तापीत वर्ण;

~ country, ~ eruption, ~ flow, ~ region, ~ rock.

lavabo n. आचमन, प्रक्षालन; तौलिया।

lavage n. वस्तिक्रिया, (उदर इत्यादिके प्रक्षालनसे) शुद्धता, पेटकी सफाई।

lavation n. क्षालन, प्रक्षालन, धुलाई, सफाई।

lavatorial a. प्रक्षालन-सम्बन्धी; मूत्रालय-सम्बन्धी।

lavatory n. धावनी, स्याली, धोनेका पात्र; प्रक्षालनागार, हाथ-मुँह धोनेका कमरा; शौचागार, शौचालय, टट्टीघर; मूत्रालय, मूत्रस्थान।

lave v.t. (का०) धोना, नहलाना; (प्रवाहका तटसे) टकराना, बहना, बहाना।

lavement n. प्रक्षालन; (चिकित्सा) वस्ति, पिचकारी, एनिमा।

lavender[1] n. लाइलैक-पुष्पी, लवण्डर (एक छोटी पत्तियोंवाली सुगन्धित झाड़ी); आमोदन; अवरक्तातिनील, थोड़ी लालीवाला; पीत-नील-वर्ण।

lavender[2] v.t. लवण्डरसे कपड़े वासना या बसाना।

laver[1] n. (खानेके काममें आनेवाली) सामुद्रिक वनस्पति।

laver[2] n. (बाइ०; यहूदी पुरोहितोंके अभिषेकार्थ) वृहत् पित्तल-पात्र; (प्रा०) धावनी, प्रक्षालन-पात्र, धोनेका वासन; फव्वारेका हौज।

laverock दे० LARK.

lavish[1] v.t. (रूप, खून, पसीना) अपरिमित व्यय करना, बहुत्याग करना, मुक्तहस्त देना, पानीकी तरह बहाना, उड़ाना।

lavish[2] a. अतिव्ययी, अपरिमितव्ययी, अपव्ययी, बहुप्रद, मुक्तहस्त, फिजूलखर्च, उड़ाऊ, शाहखर्च; अमित, अपरिमित, अति, अत्यधिक, अतिरिक्त, बहुत।

lavishment n. अति व्यय, अमितव्ययिता, फिजूलखर्ची।

lavishness n. दे० LAVISHMENT.

law* n. विधि*, विधान, कानून*, आईन, जाब्ता; ऋत, सिद्धान्त, नियम; स्मृति, धर्म, व्यवहार, आचार; विधिशास्त्र, न्यायशास्त्र, व्यवहारशास्त्र; प्रतिबन्धक, निरोधाज्ञा; विषय-विशेषका कानून; संविधि, अनुविधि; कानूनी पेशा; विधान-पाण्डित्य, वैधानिक ज्ञान, कानूनका ज्ञान; विवादुकता, मुकदमेबाजी; (इंजीलकी आदिम पाँच पुस्तकोंके) उपदेश; ईश्वरीय विधान, मूसाके उपदेश; निदेश, व्यवस्था, नियोग, मर्यादा; कार्य-विधि, प्रक्रिया-विधि; निसर्ग-सिद्धान्त, प्रकृति-नियम; सिद्धान्त; सुविधा, रियायत, मुहलत; ~-abiding विधिचारी, विधि-पालक; कानूनका पालन करनेवाला; ~ and order शान्ति, सुव्यवस्था, अमन-चैन; ~ calf (कानूनकी पुस्तकोंमें प्रयुक्त) बछड़ोंके चमड़ेसे बनी हुई जिल्द; ~-giver, ~-maker विधिकर्ता, व्यवस्थापक, स्मृतिकार, अधिनियामक, कानून बनानेवाला; ~-hand विधि-लिपि; ~ merchant व्यापार-वाणिज्य-सम्बन्धी कानून; ~ of disuse अनुपभोग नियम; ~ of inheritance वंशागति नियम; L~ of Nature धर्म, प्राकृतिक सिद्धान्त; ~-officer विधि-पदाधिकारी; सरकारी वकील; ~ suit मुकदमा; *give the ~ to* अपनी मनवाना; *go to ~* दावा करना, मुकदमा करना; *take the ~ in* one's *own hand* आप ही बदला लेना; *take the ~ of a person* (किसीके विरुद्ध) मुकदमा लड़ना;

~book, ~-breaker, ~ charges, ~ code, ~ college, ~ court, ~ day, L~ Department, ~ expenses, ~ journal, ~ library, ~ list, L~ Lord, ~-making, ~ member, ~ report, ~ reporter, ~ society, ~ stationer, ~-term, ~-writer.

lawful a. वैध, न्याय्य, विधिवत्, विध्यनुसार, विधि-संगत, विधि-सम्मत, विहित, यथान्याय, स्मृति-सम्मत, कानूनी; उचित, ठीक; ~ wife धर्मपत्नी।

lawfulness n. वैधता, न्याय्यता, विधि-सम्मतता।

lawk(s) int. (ग्रा० आश्चर्यजनक) अरे !, ओ !

lawless a. अवैध, विधिहीन, विधिविरुद्ध, न्यायविरुद्ध, अन्याय्य, उच्छृंखल, धर्मभ्रष्ट, निरंकुश, यथेच्छाचारी, बेरोक, बेलगाम।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

lawlessness n. अवैधता, विधिहीनता, विधि-विरुद्धता, न्याय-विरुद्धता; निरंकुशता, स्वेच्छाचारिता, अराजकता; अनाचार, धर्मभ्रष्टता।

lawn[1] n. (विशे० विशपकी आस्तीनकी बाहोंके लिए) क्षौम, अंशुक, सूक्ष्मवस्त्र, रेशम या मलमलका कपड़ा।

lawn[2] n. शाद्वल, तृणभूमि, दूर्वास्तर, हरा मैदान; लान; उद्यान, विहार-स्थल ⊙; ~ tennis (लान कोर्टमें खेला जानेवाला) टेनिसका खेल; ~-mower, ~-sprinkler.

lawny[1] a. सूक्ष्मवस्त्र, मलमलका, बारीक।

lawny[2] a. शाद्वलमय, तृणभूमि-युक्त, लानवाला।

lawyer n. विधिज्ञ, विधिवेत्ता, न्यायशास्त्रज्ञ {*good*~}; अभिवक्ता, न्यायवादी, विधिवक्ता, अधिवक्ता, वकील, कानूनका पण्डित; समुपदेशी, समुपदेष्टा।

lawyering n. वकालत, वकीलीका पेशा।

lax[1] n. (स्वीडन या नार्वेकी) सामन मछली, लैक्स।

lax[2] a. स्रस्त, शिथिल, विगलित, थलथल, ढीला; छिद्रिल, सछिद्र, छिद्रमय, झीना, झिनझिना; प्रमादी, उपेक्षाशील; भ्रष्ट; मृदु, कोमल, अकठोर, नरम; अस्पष्ट।

laxation n. शिथिलता, ढीलापन।

laxative a. & n. रेच, आरेचक, मृदुविरेचक, रेचक, सारक (औषध)।

laxativeness n. रेचत्व, आरेचकत्व, विरेचकत्व, मृदुविरेचकत्व।

laxity n. स्रस्तता, शैथिल्य, शिथिलता, ढीलापन; छिद्रिलता, सछिद्रता, छिद्रमयता; प्रमाद, उपेक्षाशीलता; अतीक्ष्णता, मृदुता, कोमलता, अकठोरता, नरमी; अस्पष्टता; भ्रष्टता।

laxness n. प्रमाद, अनवधान, असावधानी; शैथिल्य, = LAXITY.

lay[1] n. गीति, लघुगीत, लघु गेय वर्णनात्मक कविता; (शिथि०) गान, कविता; कूजन, चहचहाहट।

lay[2] n. (प्रा०) व्यवसाय, कारोबार, पेशा; रस्सीका बल; प्रगति-दिशा, बढ़नेका रुख; गति, मार्ग; दिशा; स्थिति; ~ out = EQUIPMENT.

lay[3] v.t. & i. (*laid*) लिटा देना, गिरा देना, बिछा देना; (पानी या हवाका फसलको) सुला देना, ओलार देना; (समुद्र, तूफान, धूल, सन्देह, प्रेत) हल्का करना या होना, दबा देना; निक्षिप्त करना, रखना; (मुर्गीका) अण्डे देना; बच्चा देना, ब्याना; (धन, जीवन, सिर आदि) दाँवपर लगाना, बदना, बदनेके लिए तैयार होना; धरना, रखना, लगाना, जमाना; (स्थान-विशेषमें) स्थापित करना, दिखाना; (तोपका) निशाना लगाना; उपस्थापित करना, उपस्थित करना, प्रस्तुत करना, पेश करना, सामने रखना, देना; (प्रा०) अपराध लगाना, आरोप लगाना, इलजाम लगाना; (आधु०) प्रत्यारोप करना, सिर थोपना; (अपराध इत्या०को) कारणाधीन बताना, हर्जानेकी रकमका निर्धारण करना; (दण्ड, कर, टैक्स इत्या०) लगाना; (लाठी आदि) मारना; न्यास करना, क्रमबद्ध करना, व्यवस्था देना, जोड़ना; (रस्सी या तार) बटना, भाँजना; रूप-रेखा निर्धारित करना, योजना तैयार करना; (रंग) चढ़ाना, करना; खोल या गिलाफ चढ़ाना; (तह)चढ़ाना, मढ़ना, बिछाना; (प्रा० और नौवि०) झूठ बोलना; ~ *aside* टालना; ~ *away* बचा रखना; ~ *bare* उद्घाटित करना, प्रकट करना, नंगा करना; ~ *claim to* अध्यर्थना करना; ~ *down* निर्धारित करना, सूत्रबद्ध करना; विहित करना, डालना; (शराब-को) तहखानेमें रखना, गोदाममें रखना; (मानचि०) बनाना; (जहाज, रेल आदिका) निर्माण करना; ~ *eggs* अण्डे देना; ~ *great store upon* अत्यधिक सम्मान करना; ~ *hands on* अधिकार करना, कब्जा करना, खसोटना, पकड़ना, हड़प लेना; हत्या करना, आत्म-हत्या करना; पाना, हाथ आना; (हाथ रखकर) प्रमाणित करना,आदेश देना; ~ *heads together* परामर्श करना; ~ *hold on* or *of* थामना, पकड़ना; (ला०) शत्रुकी दुर्बलतासे लाभान्वित होना; ~ *in* भण्डार एकत्र करना; (बोल०) लाठियाँ आदि बरसाना; ~ *low* परास्त करना; नीचा दिखाना; ~ *off* ⊙ उतारना,उतार डालना; आराम करना; ~ *on* अभिन्यास करना, रेखांकन करना; प्रवर्तित करना, लागू करना; प्रहार करना, मुक्के आदि लगाना; (कोड़े आदि) फटकारना; रद्दा जमाना, तह जमाना; (शिकारी कुत्तेको) हुसकारना, छोड़ना; नल लगाना; ~ *open* उद्घाटित करना, प्रदर्शित करना, व्याख्या करना; छीलना, खाल उधेड़ना, चमड़ी उधेड़ना; ~ *out* (भूमि आदिका) विभाजन करना, व्यवस्था करना, बन्दोबस्त करना; ~ *over* बिछाना; ~ *siege to* घेरना, घेरा डालना; ~ *together* एकत्र करना; ~ *under* अधीन करना; ~ *up* संग्रह करना, एकत्र करना, जमा करना, बटोरना; (पोतको) आयोगसे मुक्त करना, सैनिक कार्यसे अलग करना; (रुपया आदि) बचाना, अलग रखना; ~ *waste* ध्वस्त करना, नष्ट करना।

lay[4] LIE का past tense.

layer[1] n. क्रियागत अर्थोंमें; स्तर, स्तरण, परत, तह, रद्दा; (बागबानी) बँधी हुई टहनी, कलम; (pl., गिरे हुए धान जौ आदिके) पौधे या डाँठ; नदीकी तह, नदीका तल; घोंघेकी तह; मृण्मज्जन; ~-on (छापेकी मशीनमें) कागज देनेवाला; ~-out व्यय करनेवाला, ~-up बचानेवाला।

layer[2] v.t. & i. (कलम) लगाना, बढ़ाना, उगाना; (बाढ़ या बलकी कमीसे पौधोंका) बिछ जाना, गिर जाना।

layering n. स्तरण, तह लगानेका कार्य।

layette n. (होनेवाले बच्चेके) वस्त्र, सज्जा, सामान, बिस्तर आदि।

lay figure n. सामान्य जन, गौण मनुष्य, अप्रमुख व्यक्ति; उपन्यासका कल्पित पात्र; काष्ठनिर्मित मानव-प्रतिमा।

laying n. स्तरण, रंगका स्तर।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

layland n. अकृष्ट भूमि, परती; दे० LEA-land.

layman n. अविज्ञ जन, सामान्य जन, साधारण आदमी।

lay-off n. मन्दीके समय, मूल्यकी गिरावटके दिन; (मजदूरोंका) कार्य विमोचनकाल।

lay-out n. अभिन्यास, अभिरूप, खाका।

lay-stall n. घूर, घूरा, कूड़ा-करकट।

lazar n. (प्रा०) गरीब एवं बीमार आदमी; (विशे०) कुष्ठी, कुष्ठरोगी, कोढ़ी; ~-house = LAZARET.

lazaret n. कुष्ठ-चिकित्सालय, कोढ़ी-अस्पताल; (जिसके निवासियोंपर संसर्ग-निषेधकी आज्ञा हो वह) अलग भवन; (गोदामके काममें आनेवाला) जहाजके तहखानेका पिछला अंश।

lazaretto n. कुष्ठ-चिकित्सालय, कोढ़ीघर, कोढ़ियोंका अस्पताल।

Lazarus n. भिक्षुक, भिखारी, दरिद्र व्यक्ति।

laze[1] n. आलस्य-काल; शैथिल्य, सुस्ती, काहिली; प्रमादमें व्यतीत समय।

laze[2] v. i. प्रमाद करना, आलस्य करना, सुस्त होना।

laziness n. तन्द्रा, तन्द्रालुता, आलस्य, मान्द्य, शैथिल्य, जड़ता, सुस्ती, काहिली।

lazuli n. वैदूर्य।

lazulite n. व्योमनीलिज।

lazurite n. नभोनीलिज, नीलमका एक प्रकार।

lazy[1] v.i. & t. LAZE[2].

lazy[2] a. तन्द्रिल, मन्थर, मन्द्र, आलसी, शिथिल, जड़, सुस्त, काहिल; अनुद्योगी, उद्योगविमुख; शैथिल्य-कारक; ~-bones आलसी आदमी।

lazzarone n. (pl. *-i*) (नेपिल्सके) भिखारी, अछूत।

lea[1] n. पुंजक, पूंजा; अण्टी (सूत या तागेका माप या पैमाना)।

lea[2] n. (का०, *~land* भी) शाद्वल, उन्मुक्त क्षेत्र, खुला मैदान, चारागाह, चरान, परती।

leach v.t. सम्प्रक्षालित करना, परिच्यवन करना, चुवाना, टपकाना; उद्विलयन करना, घोलना।

lead[1] n. सीस, सीसक, सीसा; सिन्दूर, राँग; पनसाल, पानीकी गहराई नापनेका यन्त्र; (pl.) सीसेके चौखटे; सीसेसे पटी हुई छत; (मुद्र०; पंक्तियोंके बीचमें अन्तर देनेके लिए) लेड, सीसेकी पत्ती; प्रान्तर; ounce of ~ गोली; *cast, heave, the* ~ पानीकी थाह लेना;
~ accumulator, ~ acetate paper, ~ acid cell, ~ basin, ~ bath thermometer, ~ bullet, ~ carbonate, ~ chamber, ~ colour, ~ foil, ~ glance, ~ glass, ~ grin, ~ grey, ~ pencil, ~ pipe, ~ plant, ~ plaster, ~-poisoning, ~ powder, ~ precipitated, ~ scrap, ~ seal, ~ sheet, ~ shot, ~ soap, ~ spar, ~ sticks, ~ sulphate, ~ tube, ~ tungstate, ~-ware, ~ wire, ~ wool, ~-works, ~ yarn.

lead[2] v.t. & i. सीसा चढ़ाना, सीसेका चौखटा जड़ना; (मुद्र० सीसेकी पत्तीसे) पंक्तियोंमें अन्तर देना; (बन्दूककी नालमें) सीसा जम जाना।

lead[3] n. मार्गप्रदर्शन, नेतृत्व (*follow the ~ of, take the ~*); नायकत्व, मुख्यत्व, अग्रता, अग्रणीत्व, अगवानी; कृत्रिम जलमार्ग, (पनचक्की तक जानेवाली) नहर; (विद्युत्) संवाहक, कण्डक्टर, तार; हिम-प्रणाली, हिमनाली; (कुत्तेकी) रस्सी, डोरी, गेरी; (ताश) प्रथम खेलनेका अधिकार; (नाटकमें) मुख्य चरित्रका अभिनेता; ~-off सूत्रपात, प्रारम्भ, आरम्भ।

lead[4]* v.t. & i. मार्ग प्रदर्शन करना, पथप्रदर्शन करना, नेतृत्व करना*, अग्रणीत्व करना; गति-निर्देश करना, सैन्य-संचालन करना; प्रचालन करना, राह दिखाना, अगवानी करना, ले जाना (*curiosity led him to Rome*); (हाथ पकड़कर या रस्सी बाँधकर) ले चलना; (किसीको) विचारान्तर या मतान्तरमें प्रवृत्त करना; (गवाहको) मुख्य प्रश्नों द्वारा मोड़ना; (व्यक्ति आदिको) स्थान विशेष तक पहुँचाना; (ला०) परिणाम होना, परिणत होना (*this led to confusion*); रस्सीको चर्खीपर चढ़ाना; (पानीको) नालीसे निकालना; अतिवाहित करना, यापन करना, बिताना (*~ a miserable life*); पहले करना, दौड़में आगे होना; उदाहरण प्रस्तुत करना (*~ the dance*); प्रथित करना, चालू करना; अधिकारी होना, प्रमुख निर्देशक होना; प्रमुख वकील होना; (ताश) पहले चलना; *~ astray* पथभ्रान्त करना, बहकाना, गुमराह करना; *~ away* (प्रायः कर्मवाच्यमें) (अनुसरणार्थ) बाध्य करना, प्रस्तुत करना; *~ off* सूत्रपात करना, प्रारम्भ करना, आरम्भ करना; *~ on* फुसलाकर आगे बढ़ाना; ~ one *a dance* नचाना, हैरान करना; टालमटोल करना, रपटाना; ~ one *a life* सर्वदा सताते रहना, नाकमें दम करना; *~ the way* पहले जाना, अगवायी करना; *~ up to* (ताशमें) ऐसा पत्ता चलना कि विरोधीको कोई खास पत्ता चलना पड़े; प्रस्ताव करना; तैयार करना; ~ woman *to altar* विवाह करना।

leadable a. मार्गप्रदर्शन योग्य, नेतृत्व योग्य।

leaded a. (सीसेसे) संलग्न, संयोजित, विभक्त।

leaden a. सीसवत्, सीसकमय, सीसकसदृश, सीसे-का (*~ chamber*); मुमूर्षु, निश्चेष्ट, निष्क्रिय; भारी, मन्द, सुस्त।

leader n. नेता, मार्ग-दर्शक, नायक, पथप्रदर्शक, अग्रणी, मुखिया, सरदार, लीडर; आधिकारिक शक्ति-प्राप्त सरकारी व्यक्ति; मुकदमेकी कार्रवाई आरम्भ करनेवाला वकील; चार घोड़ोंकी गाड़ीका अगला घोड़ा; (तने या सबसे बड़ी शाखाकी चोटीका) कल्ला; स्नायु-रज्जु, नस; अग्रलेख, सम्पादकीय, लीडिंग आर्टिकिल; (मुद्र०) बिन्दु या डाट भरी पंक्ति, लीडर; ~ of opposition विरोधी दलके नेता; ~ of the House सदन-नेता।

leaderette n. लघु अग्रलेख, छोटा अग्रलेख, सम्पादकीय

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

टिप्पणी।

leaderless a. नेतृहीन, नायकशून्य।

leadership n. नेतृत्व, नायकत्व, अग्रणीत्व।

leadhillite n. सीसशुल्बांगारिज।

leading a & n. अग्र, प्रमुख, मुख्य, परम, उत्तम, प्रधान, बड़ा; ~ article सम्पादकीय;
~ case, ~ counsel, ~ fire : an, ~ lady, ~ man, ~ motive, ~ note, ~ question, ~ plants, ~ tone, ~ wheel.

leadless a. निःसीस, बेसीसा।

leadsman n. (समुद्रमें) सीसा उठानेवाला व्यक्ति।

leady a. सीसीय, सीसात्मक, सीसयुक्त, सीसेवाला।

leaf[1]* n. (pl. *-ves*) दल, पर्ण, पत्र*, पात, पत्ता*; (प्रच०) दल, पंखुड़ी, पंखुरी; पत्रसमूह; पृष्ठ, पन्ना, पत्तरा, वरक⊙, (जैसे, ~ *of a book*); (चाँदी-सोनेका) पत्तर, पन्नी, वरक; (किवाड़का) पट, पल्ला; (मेज आदिका) लटकता तख्ता; (बन्दूककी मक्खीकी) लटकन; चक्र या पहियेके दाँत; ~-nest पलाश-नीड़; ~-nosed bat पुष्पनास जन्तु; *turn over new* ~ सुधरना;
~ area, ~ arrangement, ~ axil, ~-base, ~-blade, ~-borer, ~-bud, ~ butterfly, ~ canopy, ~ clasp, ~ cup, ~ curl, ~ differentiation, ~ disease, ~ divergence, ~ duration, ~-fall, ~ fodder, ~ folder, ~-folding, ~ foliage, ~ form, ~ form modification, ~ gap, ~ green, ~-growing, ~-hopper, ~-insect, ~-lard, ~-like, ~ litter, ~ margin, ~ miner, ~ modification, ~ mosaic, ~-mould, ~ movement, ~-nosed, ~ orientation, ~ primordium, ~ red, ~ roll, ~ roller, ~ roller moth, ~-roll virus, ~-root, ~ rope, ~ rudiment, ~ scar, ~ segment, ~-sheath, ~ size, ~ skin theory, ~ smut, ~ spine, ~ spot, ~ spring, ~ surface, ~ tendril, ~ texture, ~-tip climber, ~ trace, ~ trace bundle, ~ trace system, ~ umbrella.

leaf[2] v. i. पत्ते निकलना।

leaf[3] n. (आ०, सेना) अवकाश, छुट्टी।

leafage n. पर्णस्तवक, पत्रगुच्छ, पत्रसमूह।

leafed a. सपर्ण, पत्तेदार।

leafiness n. सपर्णता, सपत्रता, पत्रमयता; सान्द्र-च्छाया, घनापन।

leafless a. अपर्ण, निर्दल, निष्पत्र, पर्णविहीन, पत्रहीन, बेपत्तोंका।

leaflessness n. निष्पत्रता, पर्णविहीनता, पत्रहीनता।

leaflet n. पर्णक, पत्रक, पत्ती, छोटा पत्ता, परचा; दल, किसलय, कोंपल, नई पत्ती या शाख; ग्रन्थक, पुस्तिका, पत्रक, विज्ञप्ति, इश्तहार।

leafstalk n. पर्णवृन्त, पर्णकाण्ड, (पत्तीका) डण्ठल।

leafy a. सपर्ण, पत्रमय, पर्णावृत्त, बहुपत्र, पत्तेदार।

league[1] n. प्रक्रोश, (लगभग तीन मीलकी दूरीका मानदण्ड)।

league[2] n. संघात, ऐक्य, संयोग, संघट्टन, मेल; संघ, लीग; L ~ of Nations राष्ट्रसंघ।

league[3] v.t. & i. संघटित करना या होना, संगठित होना, एक होना, सटाना, सटना, मिलाना, मिलना।

leaguer[1] n. & v.t. & i. दे० LAAGER.

leaguer[2] n. संसर्गी, सहकारी; संघ-सदस्य, लीगका मेम्बर।

leak[1] n. रन्ध्र, सन्धि, छिद्र, छेद, दरार, सूराख; धारा, द्रव; च्यवन, चुवन, चुवाव, टपका, चूना, टपकना, छीज, छीजन; *to spring a* ~ छेद करना।

leak[2] v. i. च्यवन करना, स्रवण करना, रिसना, चूना, टपकना; (रहस्य आदिका) स्पष्ट होना, शनैः शनैः प्रकाशमें आना, भेद खुलना, बात फैलना।

leakage n. च्याव, स्राव, क्षरण, निस्यन्द, स्रुति, रिसाव, चुवन, टपकाव; रहस्योद्घाटन; त्रोटन, टूट-फूट; च्यवनमोक, क्षरण-दण्ड, चुवाई।

leakiness n. सरन्ध्रता, छिद्रिलता, सछिद्रता, छिद्र-मयता; मूत्रवेगका अस्तम्भन; पेटका पतलापन।

leaking n. स्रव, क्षरण, चूना।

leaky a. सरन्ध्र, छिद्रिल, सछिद्र, छिद्रमय, छेददार; मूत्रावेग न रोक सकनेवाला; पेटका हलका; रहस्य न छिपा सकनेवाला, बात न पचा सकनेवाला।

leal a. (स्कॉट० और साहित्य) विश्वस्त, विश्वासपात्र, विश्वसनीय, विश्वास-भाजन, ईमानदार, वफादार, दयानतदार; land of the ~ सन्तलोक, स्वर्ग, देवलोक।

lean[1] n. क्षीण भागका मांस, बिना चर्बीका मांस।

lean[2] n. प्रवृत्ति, झुकाव, रुझान, ढाल।

lean[3] v. i. & t. आश्रय लेना, अवलम्ब लेना, सहारा लेना, टेक लेना, तकिया लगाना; आश्रित होना, टिका होना; विश्वास करना, भरोसा करना; (शरीरका) किसी ओर झुकना, झुककर खड़ा होना, तिरछे खड़ा होना; करुणा दया आदिकी प्रवृत्ति रखना; पक्षधर होना, पक्षावलम्बी होना; वस्तुओंको झुकावकी स्थितिमें रखना; ~ *upon* (दीवार, धुस्स आदिका) सुरक्षार्थ सहारा लेना।

lean[4] a. क्षाम, क्षीण, कृश, कृशांग, दुबला-पतला; अल्प, स्वल्प, थोड़ा; क्षुद्र, तुच्छ, ओछा; अपोषक, अपुष्टिकर, अपौष्टिक; अलाभजनक, लाभरहित; ऊसर, बंजर; (मांस) बिना चर्बीका; ~ years अकालके वर्ष;
~-cheeked, ~-faced, ~-fleshed, ~-headed, ~-jawed, ~-limbed, ~ looking, ~-necked, ~-ribbed.

leaning १. n. प्रवृत्ति, प्रवणता, रुझान, झुकाव; २. a. प्रवण, आनत, प्रलम्ब, झुका हुआ।

leanness n. क्षामता, क्षीणता, कृशता, दुबला-पतला-पन, कमजोरी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

leap[1] n. कूर्दन, कूद, उछाल, छलाँग, फलाँग; ~-day अधिदिन, लौंदका दिन (२९ फरवरीकी तारीख); ~-year अधिवर्ष, लौदका साल (३६६ दिनका वर्ष); *by ~s and bounds* त्वरासे, वेगपूर्वक, बहुत ही तेजीसे, झटपट।

leap[2] v.i. & t. कूर्दन करना, कूदना, उछलना, छलाँग मारना, फलाँगना; ~-frog घोड़ी फाँदनेका बच्चोंका खेल; ~ *in the dark* साहसपूर्ण कार्य करना, जोखिमका काम उठाना।

leaper n. कूर्दक, कूदनेवाला, कुदक्कड़, छलाँग मारनेवाला।

learn v.t. & i. शिक्षा प्राप्त करना, ज्ञान प्राप्त करना, जानना, मालूम करना, सीखना; कण्ठस्थ करना, याद करना, ज्ञान होना, खबर होना, मालूम होना; (प्रा०, हास्य या ग्रा०) शिक्षा देना; पढ़ाना।

learnable a. शिक्ष्य, ज्ञेय, सीखने योग्य।

learned a. विज्ञ, ज्ञानी, शिक्षावान्, विद्यावान्, विद्वान्, बहुज्ञ, बहुश्रुत, पण्डित; पाण्डित्यपूर्ण, ज्ञानवान्, विद्वज्जनोचित; the ~ विद्वज्जन, विद्वत्समाज।

learnedness n. पाण्डित्य, विद्वत्ता।

learner n. शिष्य, छात्र, शिक्षार्थी, शिक्षणार्थी, सीखनेवाला।

learning* n. ज्ञान, विज्ञता, शिक्षा, विद्या*, विद्वत्ता, बहुज्ञता, अवगम, प्राज्ञता, बहुश्रुतता, पाण्डित्य, पढ़ाई, सिखाई।

leasable a. पट्टेय, पट्टेपर देनेयोग्य।

lease[1] n. पट्ट, पट्टा, ठेका, इजारा; ~hold पट्टधृति, पट्टभूमि, पट्टा; lend ~ दे० LEND.

~ deed, ~ grant, ~-holder, ~ money, ~ number, ~ period.

lease[2] v. t. पट्टदान करना, पट्टे या इजारेपर लेना या देना; उधार-पट्टेपर उपनिवेश देना।

lease[3] n. ताना-बाना।

leaser n. संग्रहीता, संग्राहक-यन्त्र।

leash[1] n. बन्ध, पट्टा या रस्सी; त्रिगुट, तिगड़म (तीन कुत्तों इत्या० का समूह); *hold in* ~ नियन्त्रित करना।

leash[2] v.t. पट्टा लगाना, डोरीसे जोड़ना, रस्सी बाँधना।

leasing n. (बाइ०) अनृतभाषण, मिथ्या-कथन, असत्य-भाषण; असत्य, झूठ।

leasowe n. गोचरभूमि, चारागाह, घासका मैदान।

least[1] n. अल्प परिमाण; *at the* ~ स्वल्पतः, कमसे कम; *in the* ~ कुछ भी, जरा भी, थोड़ा भी।

least[2] a. अल्पिष्ठ, अल्पतम, अत्यल्प, न्यूनतम, कम-से-कम, ~ common multiple लघुतम समापवर्त्य।

least[3] adv. अल्पतः, न्यूनतया, अल्प परिमाणमें, थोड़ी मात्रामें।

leastwise a. & adv. येन-केन-प्रकारेण।

leat n. कुल्या, (पनचक्की चलानेके लिए) जलमार्ग; पनचक्कीतक जानेवाली नहर।

leather[1]* n. परिष्कृत चर्म, चमड़ा*; चर्म-निर्मित वस्तु, चमड़ेका सामान, चमड़ेका तस्मा या पट्टी; पालिश करनेका चमड़ा; (ग्रा०) क्रिकेटवाल या फुटवाल; (pl.) चमड़ेके मोजे, बिरजिस; चर्म, खाल, चमड़ा; ~-coat कड़े छिलकेका सेब; ~-head मूर्ख, मूढ़;

~ back, ~-backed, ~-backed turtle, ~ bag, ~bark, ~ belt, ~ binding, ~ black, ~-bound, ~ box, ~ brown, ~ carp, ~ chin strap, ~ cloth, ~ collar, ~-covered, ~craft, ~ dresser, ~ flaps, ~ gloves, ~ goods, ~ industry, ~jacket, ~ lake, ~-lined, ~-maker, ~-making, ~ orange, ~ parings, ~ red-brown, ~ refuse, ~ strap, ~ thong, ~ trimming, ~ware, ~-washer, ~-work, ~-worker, ~ yellow.

leather[2] v.t. चर्मावृत करना, चमड़ेसे आच्छादित रखना, चमड़ा मढ़ना; कोड़ा रखना।

leatherette n. कृत्रिम चर्म, बनावटी चमड़ा (चमड़ा जैसा लगनेवाला कपड़ा या कागज)।

leathering n. कोड़ेकी मार, कोड़े लगाना।

leathern a. चर्ममय, चर्मनिर्मित, चमड़ेका।

leatheroid n. कृत्रिम चर्म, नकली चमड़ा।

leathery a. (विशे० मांसके लिए) चर्म-, चर्मल, चर्म-सदृश, चमड़े-जैसा; चीमड़, सख्त, कड़ा।

leave[1] n. आज्ञा, अनुज्ञा, अनुमति; अवकाश, छुट्टी; अवकाशकी अवधि; विदा, विदाई; अवकाशकी अवधिके अनन्तर उपस्थित होनेवाला व्यक्ति;

~ account, ~ allowance, ~ application, ~ arrangement, ~ case, ~ due, ~ earned, ~ ledger, ~ orders, ~ reserve, ~ reserve post, ~ rules, ~ salary, ~ salary certificate, ~ salary contribution, ~ vacancy.

leave[2] n. (बिलियर्डमें खिलाड़ीकी) गेंद छोड़ देनेकी स्थिति।

leave[3] v.t. (*left*) परित्यजन करना, परित्यक्त करना, छोड़ना, छोड़ देना; सम्पत्ति छोड़ जाना, वसीयत छोड़ जाना; क्रय-विक्रयसे तटस्थ रहना; (*pass.*) रह जाना; विशिष्ट दशामें रहने देना; मर्जीपर छोड़ना, सुपुर्द करना, हवाले करना; आजादी देना, दखल देनेसे बाज रहना; निक्षिप्त करना, सौंपना, अमानत रखना; (वस्तु, निर्देश, सन्देश) पहुँचाना, ले जाना; विदा होना, अलग होना; प्रस्थान करना, राह लेना, चल देना; ~-taking विदाई; ~ *alone* किसीको न छेड़ना, किसीके विषयमें दखल न देना; ~ *behind* छोड़कर चले जाना, छोड़ मरना; ~ *go* (ग्रा०) पकड़ ढीली करना; ~ *hold of* पकड़ या जकड़ छोड़ देना, गिरफ्त ढीली करना; ~ *in the dark* कुछ न बताना; ~ *it at that* बस यहीं तक रहने दो, मामला आगे न बढ़ाओ;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ *off* पहनना छोड़ देना; समाप्त करना या होना; ~ *out* भूल जाना, त्याग देना, छोड़ना; ~ *over* ऋणशोधन न करना, बेबाक न करना, बकाया रहने देना; *take* ~ विदा होना।

leaved a. सपत्र, पत्रमय, पत्रयुक्त, पत्तीदार।

leaven[1] n. उत्थाप, पिष्टोत्थान, खमीर; किण्वमय पिष्ट या लेई, खमीर पैदा करनेवाली लेई; (ला०) व्यापक (परिवर्तनकारी) प्रभाव; गुण-संयोजन; the old ~ असभ्यताके अवशेष।

leaven[2] v.t. पिष्टोत्थाप बनाना, खमीर उठाना; (परिवर्तनकारी तत्त्वोंके मिश्रण द्वारा) रूपान्तर करना, बदलना, बिगाड़ना।

leavening n. किण्वीकरण, खमीर उठाना; खमीर।

leavenous a. किण्वयुक्त, खमीरदार।

leaver n. परित्यक्ता, त्यागनेवाला।

leaves n. LEAF का बहुव०।

leavings n. pl. उच्छेष, शेष, उच्छिष्ट, अवशिष्ट, जूठन, बचा-खुचा, कूड़ा-करकट, मैला।

lecher n. कामी, कामुक, कामासक्त, लम्पट, भोगी, स्त्रीपर, व्यभिचारी, लुच्चा।

lecherous a. कामी, कामुक, कामासक्त, लम्पट, लुच्चा।

lecherousness n. कामुकता, कामवासना, लम्पटता।

lechery n. कामुकता, कामासक्ति, लम्पटता, स्त्रीपरता, व्यभिचारिता, लुच्चापन।

lecithin n. अण्डपीति।

lecotropal a. (घोड़ेकी) नालके आकारका।

lectern n. गिर्जा-घरका पाठ-मंच।

lection n. पाठ, पाठान्तर, पाठभेद।

lectionary n. भजन-माला, स्तुति-संग्रह, प्रार्थना-पुस्तक।

lector n. पादरी।

lecture n. & v. i. & t. भाषण या वक्तृता (देना), व्याख्यान (देना), प्रवचन (करना), लेक्चर (देना); शासन (करना), अध्यापन (करना), प्रपाठ (देना), वाग्दण्ड (देना), निर्भर्त्सनवाक्य (बोलना), तिरस्कार (करना); *read* one *a* ~ पाठ पढ़ाना, झाड़ना, डाँटना।

lecturer n. उपदेशक, व्याख्याता, वक्ता, प्राध्यापक, लेक्चरर; lady~ प्राध्यापिका, व्याख्यात्री।

lectureship n. वक्तृता, प्राध्यापकपद, लेक्चरशिप।

lecythus n. (प्रा० यूनानमें) एक मृद्भाण्ड, तेल रखनेका कुम्भ या पात्र।

led LEAD का p.p., नीत, प्रेरित, अधिष्ठित; ~ horse लादी घोड़ा।

ledge n. उद्वर्ध, उत्तट, जाला, कगर, कोर; शिला-फलक, चट्टानका बाहर निकला हुआ भाग, (विशे०) कूट, जलमग्न चट्टान-श्रेणी; (खनिकर्म; चट्टानका) धातुस्तर, धातुमय स्तर, परत।

ledged, ledgy aa. उद्वर्धमय, उत्तटयुक्त, कोरदार; कूटमय, कूटकयुक्त; धातुस्तरयुक्त।

ledger n. प्रपंजी, बही-खाता, लेखा-बही, खाता; खड़-मेजा, मचान, (ढाँचेकी) आड़ी-बेड़ी लकड़ियाँ; (पाड़की) आड़ी लकड़ियाँ; (भवननिर्माणमें) दीवारके समानान्तर लकड़ीका ढाँचा; कब्रका समतल चिपटा पत्थर;

~ account, ~ bark, ~-blade, ~ clerk, ~entry, ~ file, ~ folio, ~ hybrid bark, ~-keeper, ~ line.

lee n. आश्रय, बचावका स्थान; (~ *side* भी) निर्वात स्थान, प्रतिवातस्थान, वायुप्रतिकूल-पार्श्व; ~-board (जहाजोंके) पार्श्वमें निर्मित पटलोंका ढाँचा; ~-shore प्रतिवात तट; ~way (वायुवेगसे) पोतका पथसे पार्श्वकी ओर हटना; *make up* ~*way* (ला०; बुरी स्थितिसे) त्राण पाना, बच निकलना; *under the* ~ वायुवेगसे सुरक्षित;

~ birch, ~ shore, ~ side, ~ tide.

leech[1] n. (प्रा०, का० या हास्य०) वैद्य, चिकित्सक; ~ craft चिकित्सा-शास्त्र, चिकित्सापद्धति।

leech[2] n. जलौका, जलूका, जलसर्पिणी, रक्तपायिनी, जोंक; शोषक व्यक्ति; *stick like a* ~ जोंककी तरह पीछे पड़ जाना या चिपक जाना।

leech[3] n. पालका लम्बवत् या ढलुवाँ पार्श्व।

leechee n. लीची (फल)।

leefange n. (पालका आधार-स्वरूप) घोड़ा या छड़।

leek n. कन्द, स्फोट-पलाण्डु (प्याज जैसी एक गाँठदार वनस्पति); *eat the* ~ अपमान सह लेना।

leemost a. (वायुरक्षित पार्श्वकी ओर) दूरतम, सबसे दूर।

leer[1] n. कटाक्ष, दृष्टिविक्षेप, दिक्पात, अर्द्धवीक्षण, अपांग-दर्शन, कुदृष्टि, तिरछी नजर।

leer[2] v.t. & i. तिरछा देखना।

leer[3] n. शीशेकी भट्ठी, लियर।

leery a. (ग्रा०) वंचक, धूर्त, चालाक, काइयाँ।

lees n. (pl., विशे० मद्यका) उच्छिष्ट, किट्ट, मैल, तलछट; निकृष्ट अंश, रद्दी-खुद्दी, कूड़ा-कबाड़।

leet[1] n. (इति०; कतिपय क्षेत्रोंमें लार्डों द्वारा नियोजित) वार्षिक लेखा, अधिवार्षिक न्यायालय; सामन्त-न्यायालयका क्षेत्र, प्रदेश या जिला।

leet[2] n. (स्कॉट०) पदप्रार्थि-सूची, लीट।

leeward[1] n. अनुवात पार्श्व, वायुरक्षित पार्श्व या दिशा।

leeward[2] a. प्रतिवात, पवनविमुख; अनुवात, वातानुलोम, ओटमें।

leeward[3] adv. वायुरक्षित पार्श्वकी ओर; *on the* ~ *of* हवासे बचकर।

leewardly adv. दे० LEEWARD[3].

left[1] n. वाम कर, बायाँ हाथ; (सेनाका) वाम पार्श्व, वाम भाग; (मूलतः यूरोपीय व्यवस्थापिका सभाओंमें) वामपक्ष, अधिक उग्र दल; प्रगतिशील दार्शनिक सम्प्रदाय या धार्मिक सम्प्रदाय; विकासशील वर्ग, प्रगतिशील वर्ग।

left[2]* a. सव्य, वाम, अदक्षिण, दक्षिणेतर, बायाँ*; वाम-पार्श्वस्थ, बाएँका, उलटा, उलटे हाथकी ओरका; *marry with the* ~ *hand* राजवंशोत्पन्न पुरुषका नीचकुलजा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

स्त्रीसे इस प्रकार विवाह करना (कि उसकी सन्तान उत्तराधिकार न प्राप्त कर सके); *on the ~ hand of* अपेक्षाकृत वाम पार्श्वमें।

left[3] n. adv. वामतः, बाएँ हाथ, बाईं ओर।

left[4] p.p. LEAVE; पीछे परित्यक्त, पीछे छोड़ा हुआ।

left-hand १. n. बाईं ओर; २. a. वामहस्त, उलटा; बायें हाथसे किया हुआ।

left-handed a. सव्यसाची, वामहस्त, खब्बा, लेबरा; कुरूप, भद्दा, भोंडा, बेडौल; अनाड़ी; अस्पष्ट, सन्दिग्ध, अनिश्चयार्थक, उलझनभरा; वाम, उलटा; (प्रा०) अशुभ, अमंगलजनक, अभागा, मनहूस; वाम-हस्तके प्रयोगका आदी; (घूँसा) बाएँ हाथसे लगाया हुआ; ~ compliment व्याजनिन्दा; ~ marriage असवर्ण विवाह, झूठा विवाह।

left-handedness n. सव्यसाचीत्व, वामहस्तता, खब्बापन, लेबरापन; कुरूपता, भोंड़ापन; अनाड़ीपन; अस्पष्टता, सन्दिग्धता; अशुभता, अमंगलजनकता इत्या०।

left-hander n. सव्यसाची पुरुष, वामहस्त व्यक्ति, लेबरा आदमी; वाम मुष्टिका, बायाँ घूँसा।

leftist a. वामपक्षी, वामदलका सदस्य।

leftmost a. सव्यतम, वामतम, सबसे परे बायाँ।

leftover ⊙ n. (pl.) खण्ड, भाग, टुकड़े।

leftward[1] a. वामरथ, वामपार्श्वस्थ, बायें।

leftward[2](s) adv. वामतः, बाईं ओर।

leg[1]* n. पद, टंग, टाँग*, पैर; पाद; (पकानेके लिए जानवरोंकी) टँगड़ी, गोड़ी; (एक पैर पीछे हटाकर किया हुआ) अभिवादन, प्रणाम, नमस्कार; प्रतारक, वंचक, धूर्त, छली; (क्रिके०) खिलाड़ीके वामपार्श्व और उसके पीछेका मैदान, लेग; कृत्रिम टाँग; पाँयचा, (पैरको ढकनेवाला पहनावेका अंश); (मशीनका) अवलम्ब, टेकन; (आधारको छोड़कर) त्रिभुजके पार्श्व; पाया; *give ~-bail* पलायन कर जाना, फरार हो जाना; *give one a ~ up* (चढ़ने या विपत्तियोंमें) सहायता देना, सहारा देना; *have the ~s of* से द्रुततर चलना, तेज चलना; *keep* one's *~s* विचलित न होना, सँभले रहना; *on* one's *last ~s* मृत्यु या अन्तके समीप; *pull* one's ~ (बोल०) मूर्ख प्रमाणित करना, बेवकूफ बनाना; *shake a ~* नाचना; *show a ~* जाग उठना; *stand on* one's *own ~s* अपने पैरों खड़े होना।

legacy n. दायदान, मृत्युपत्र, उत्तरदान, मृत्युलेख द्वारा अर्पित दान; रिक्थ, दाय, बपौती; परिक्थ, सम्पत्ति, सम्पदा; ~ duty दायकर, सम्पत्ति-कर।

legal a. विधि-, वैध, वैधिक, न्याय्य, न्यायसम्मत, वैधानिक, विधि-सम्बन्धी, कानूनी; विधिमूलक, विधि-नियुक्त; ~ tender खरा सिक्का, विधि-मान्य मुद्रा; ~ action, ~ adviser, ~ assets, ~ claim, ~ compensation, ~ damages, ~ definition, ~ difficulties, ~ document, ~ evidence, ~ heir, ~ necessity, ~ opinion, ~ practice, ~ proceedings, ~ profession, ~ sanction, ~ studies, ~ succession, ~ theory ~ title, ~ value, ~ year.

legalism n. विधिपरायणता, विधानवादिता, कानूनकी पाबन्दी; (धर्मशास्त्रमें) विधानकी प्राथमिकता या मान्यता।

legalist n. विधिपरायण, विधिज्ञ, विधान-विशारद, कानून-पण्डित।

legality n. न्याय्यता, वैधत्व, वैधता, वैधिकता, वैधानिकता; विधानवादिता।

legalization n. वैधीकरण, विधानीकरण, विधान-व्यवस्था।

legalize v.t. वैध बनाना, वैध ठहराना, विधानीकरण करना, विधि-सम्मत करना, कानूनी रूप देना।

legate[1] n. प्रणिधि, प्रतिनिधि, उपराजदूत।

legate[2] v.t. उत्तरदान करना, वसीयत करना।

legatee n. दायादी, रिक्थी, रिक्थग्राही, अनुरिक्थभागी, उत्तराधिकारी, वसीयत पानेवाला।

legateship n. प्रणिधित्व, प्रतिनिधित्व, राजदूतत्व।

legatine a. दायादी-विषयक, रिक्थग्राही-सम्बन्धी, उत्तराधिकारी-सम्बन्धी; पोपके प्रतिनिधि पादरीसे सम्बद्ध।

legation n. प्रतिनिधि-प्रेषण; प्रतिनिधि-मण्डल; प्रतिनिधित्व, एलचीगिरी; प्रणिध्यावास, वाणिज्य दूतावास।

legato adv. (संगीत-संकेत) निर्विघ्न, मजेसे।

legator n. रिक्थदायी, वसीयत करनेवाला।

legend n. उपाख्यान, पौराणिक कथा, ऐतिहासिक या काल्पनिक कहानी; पौराणिक कथा-साहित्य या परम्परा; पुरावृत्त; मुद्रा-लेख; पदक-लेख; सार-वचन, सारवाक्य, संकेत-वाक्य; सन्त-चरित्र, दिव्य-चरित्र।

legendary[1] n. उपाख्यान-समुच्चय, पुराण-कथा-संग्रह।

legendary[2] a. पौराणिक, पुराण-सम्बन्धी, पुराणोक्त, पुराणकथित; काल्पनिक, मिथ्या।

leger n. (कोयला) कम तौलनेवाला; = LEDGER.

legerdemain n. हस्तलाघव, हस्तकौशल, इन्द्रजाल, बाजीगरी; प्रतारणा, प्रवंचना, कूटता, धूर्तता, मक्कारी; कूटतर्क, वाक्छल।

legged a. (प्रायः समासमें जैसे, *four-~* चतुष्पद, चार पैरवाला)।

legger n. (नहरकी दीवारोंमें) टाँगें अड़ाकर नाव खेनेवाला।

legginess n. तनुदीर्घपादिता, लमटंगापन, पैरोंका दुबला-पतलापन।

legging n. चर्मनिर्मित टंगावरण।

leggy a. तनुदीर्घपादी, लमटंगा।

leghorn n. (हैट आदिमें दी जानेवाली) चटाईकी तह; एक प्रकारकी पालतू मुर्गी; पीतपाद; अवरक्तातिपीत।

legibility, legibleness nn. स्पष्टता, सुवाच्यता, सुपाठ्यता।

legible a. स्पष्ट, सुवाच्य, सुपाठ्य, व्यक्ताक्षर; *in a ~ hand* सुवाच्य अक्षरोंमें।

legion n. चमू, वाहिनी, लश्कर, प्राचीन रोमका सैन्यदल (३००० से ६००० तक अश्वारोही); बृहत् संख्या,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

प्रभूत संख्या, अपार जनता, अगणित भीड़; असंख्य सेना; foreign ~ (आधुनिक फ्रेंच सेनामें) विदेशी स्वयंसेवक-दल; L~ of Honour फ्रांसका प्रतिष्ठा या मर्यादाका पद, प्रतिष्ठित उपाधि।

legionary[1] n. सैन्य, लीजनका सैनिक।

legionary[2] a. सैन्यदल-सम्बन्धी, लीजनका, फौजी।

legioned a. (का०) लीजन सैन्यदल-युक्त; दलबद्ध, दलके दल।

legionnaire n. = LEGIONARY[1].

legislate v.t. विधि निर्माण करना, विधि बनाना, नियम बनाना, कानून बनाना।

legislation n. विधि-व्यवस्था, विधान; विधिनिर्माण, व्यवस्थापन, कानून-निर्माण।

legislative a. विधायी, वैधानिक, विधिकारी, विधान-सम्बन्धी, व्यवस्थापक; विधान-निर्मात्री, व्यवस्थापिका; ~ assembly विधान-सभा; ~ council विधान-परिषद्; ~ amendment, ~ body, ~ business, ~ intention, ~ measure, ~ office, ~ procedure.

legislator n. व्यवस्थाकार, विधानकार, विधिकर्ता, विधायक, व्यवस्थापक, कानून बनानेवाला; विधानसभाका सदस्य।

legislatorial s. (क्वचित्) विधान-निर्माता-विषयक, विधिकारी-सम्बन्धी, व्यवस्थापकीय।

legislatorship n. विधिकर्तृत्व, विधायकता।

legislatress n. विधिकारिणी, विधिनिर्मात्री, कानून बनानेवाली; विधान-सभाकी सदस्या।

legislature n. विधानांग, विधि-सभा, विधान-मण्डल, विधान-निर्मातृ-परिषद्, व्यवस्थापिका-सभा।

legist n. स्मृति-निपुण, विधिवेत्ता, विधिज्ञ, कानून-शास्त्री।

legitim n. दाय, रिक्थ।

legitimacy n. वैधता, न्याय्यता, धर्म्यता, सचाई, न्याययुक्तता; युक्तता, औचित्य; औरसत्व, धर्मजत्व, हलालीपन।

legitimate[1] v.t. विध्यनुकूल करना, विध्यनुसारी बनाना, न्याय-संगत बनाना या ठहराना; औरसीकृत करना, औरस बनाना।

legitimate[2] a. वैध, न्याय-व्यवस्थित, परिनिष्ठित, उचित, कानूनी; धर्म्य, धर्मसम्मत; यथार्थ, सच्चा, असली; युक्तियुक्त, तर्कसंगत, न्यायसंगत; (उपाधि) वंश-परम्परागत; औरस, धर्मज, हलाली; ~ assistance, ~ charges, ~ child, ~ duties, ~ obligation, ~ purpose, ~ rights, ~ wife.

legitimateness n. = LEGITIMACY.

legitimation n. वैधीकरण, न्यायीकरण; अधिकारि-पक्ष-ग्रहण; औरसत्व-संस्थापन।

legitimatize v.t. वैध करना, न्याय्य करना, प्रमाणित करना।

legitimism n. (विशे० स्पेन और फ्रांसकी राजनीति) राज-पक्ष-ग्रहण, राजपदाभिलाषा।

legitimist a. & n. (राज्यके) आनुवंशिक उत्तराधिकारीका पक्षधर (व्यक्ति)।

legitimization n. वैधीकरण, न्यायीकरण।

legitimize v.t. वैध प्रमाणित करना, न्याय्य सिद्ध करना, उचित सिद्ध करना।

legless a. चरणहीन, लँगड़ा, बिना पैरका।

legume, legumen nn. शमीधान्य, सेम; शिम्बी, बीजकोष, फली, छीमी।

legumin n. श्वेति, मटर आदिका प्रोटीन।

leguminous a. शिम्बिकुलीय, द्विदलीय, दालवाला (~ *grain*)।

lei n. माला, हार।

leiotrichous a. सुचिक्कण-केश, चिकने बालोंवाला।

leister n. एक प्रकार का लम्बा बर्छा, नेजा।

leisurable a. सावकाश, फुरसतवाला।

leisure n. अवकाश, विश्राम, कार्यनिवृत्ति, विश्रान्ति, छुट्टी, फुरसत; अवकाश-क्षण, खाली समय; *at* ~, *at one's* ~ अपने अवकाशमें, फुरसतमें।

leisured a. सावकाश, बहुत फुरसतवाला, खाली।

leisureless a. निरवकाश, बहुव्यस्त।

leisureliness n. अव्यस्तता, सावकाशता, अवकाश-युक्तता, फुरसत; मन्दता, मन्थरता।

leisurely[1] a. मन्द, मन्थर, अशीघ्र, अत्वरित, धीरे-धीरे; सावकाश, सुभीतेका, इतमीनानका, फुरसतका; सतर्कता-पूर्ण, सोचा-समझा।

leisurely[2] adv. शनैः-शनैः, यथावकाश, मन्दगतिसे, इतमीनानसे।

leit-motiv, -if n. (गीतात्मक रचनामें) प्रधान कथा-वस्तु।

leman n. प्रेमी, यार, चहेता; अवैध प्रेमी; प्रेयसी, प्रणयिनी, प्रेमिका।

lemma n. (pl. *-ta, -s*) निबन्धन, (शास्त्रार्थके) स्वीकृत सिद्धान्त; उपसाध्य।

lemming n. (उत्तरी ध्रुवका मूषकजातीय छोटा जीव), लेमिंग।

lemniscate n. (गणित) 8 जैसा एक वक्र।

lemniscus a. (रेशोंकी) फीते-जैसी पट्टी; भागचिह्न ÷।

lemon[1]* n. निम्बु, नींबू, लेमूँ; नीबूका वृक्ष; हलका पीला रंग, शिकंजबीन; (ग्रा०) अनाकपेक बाला; ~-drop सन्तरे आदिकी गोली; ~ kali नींबू पानी; ~-squeezer नींबू निचोड़न; ~ basil[1], ~ grass, ~ grass oil, ~ juice, ~ peel, ~ pudding, ~-scent, ~-scented gum, ~-scented verbena, ~-shaped, ~ squash, ~ yellow.

lemon[2] n. (~ *dab* भी) एक प्रकारकी चिपटी मछली।

lemonade n. निम्बु-पानक, नींबू-जल, लेमनेड।

lemony a. नींबू-सम्बन्धी, नींबू-सदृश; निम्बु-पीत वर्णका, हलका पीला।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

lemur n. निशाकपि, मैडागास्करका बन्दर, लीमूर ।
lemures n. (pl., रोमनोंका) प्रेत, भूत ।
lemurine a. निशाकपीय, लीमूरी, लीमूर-सम्बन्धी ।
lemuroid a. & n. निशाकपिवत्, लीमूरिया, लीमूर-सदृश ।
lend v.t. ऋण देना, उधार देना, कर्ज देना; (किताबें आदि) किरायेपर देना; प्रदान करना, दान करना, देना; (~ *dignity, aid*); lend-lease उधार पट्टा; स्वयंको नीति-विशेषके अनुकूल करना; ~ *a hand, a helping hand* सहायता करना; ~ *ear* ध्यान देना, कान देना; ~*s itself to* काम आ सकता है ।
lendable a. ऋण देने योग्य, उधार देने योग्य ।
lender n. उत्तमर्ण, ऋणद, कुसीदी, महाजन, उधार-दाता, साहूकार ।
lending n. ऋणदान, ऋण प्रदान, उधार देना, किरायेपर देना (~ *library*) ।
length n. आयाम, दैर्घ्य, दीर्घता, लम्बाई; विस्तार, फैलाव; अतिकाल, दीर्घकाल, विलम्ब, अरसा, देर (*a stay of some* ~); लम्बाई, दूरी; पराकाष्ठा, चरम सीमा; (छन्दःशास्त्र) स्वर या अक्षरकी मात्रा; (क्रिकेट) विकेटसे बालकी टप्पा खानेकी दूरी; *at arm's* ~ घनिष्ठता न होना, दूर-दूर; *at full* ~ पूरे विस्तारसे; लम्बा-लम्बा, पाँव फैलाये; *at* ~ अन्तमें; विस्तारपूर्वक, ब्यौरेवार ।
lengthen v.t. & i. दीर्घीकृत करना, लम्बा करना; दीर्घीभूत होना, दीर्घ होना, तानना, तनना, फैलाना, फैलना, बढ़ाना, बढ़ना ।
lengthening n. दीर्घीकरण, लम्बा करना; दीर्घीभवन, लम्बा होना ।
lengthiness n. अतिविस्तारशीलता, फैलावट, लम्बान ।
lengthways adv. लम्बानमें, लम्बाईके बल ।
lengthwise adv. = LENGTHWAYS.
lengthy a. दीर्घ, विशदतम, अतिविस्तृत, लम्बी, उकता देनेवाली (~ *speech*) ।
lenience, -cy nn. मार्दव, मृदुता, कोमलता, सदयता, दयालुता, कृपालुता, उदारता, अकठोरता, नरमी, ढिलाई, मुलामियत ।
lenient a. मृदु, सदय, उदार, कोमल, कृपालु, नम्र, दयार्द्र, अकठोर, नरम, स्वभावका ढीला ।
lenify v.t. शान्त करना, प्रसन्न करना, दुःख हरना ।
lenitic a. जलीय, जल-सम्बन्धी; जल-निवासी ।
lenitive a. & n. प्रशामक (औषध), उपशामक (उपचार), शामक, उपशमकारक, शान्तिकर ।
lenity n. दया क्षमा, करुणा, कृपा, सदयता, कृपालुता, कारुणिकता, उदारता, नम्रता, मुलामियत, नरमी ।
leno n. (खिड़कीका पर्दा बनानेकी) सूती जाली ।
lens n. (pl. *-es*) (चश्मेका दूरवीक्षणका) वीक्ष, काच, ताल, शीशा, लैंस; (श० र० शा०) आँखका पर्दा;
~ fibre, ~ lock, ~ margin, ~ measure, ~-shaped.
lensed a. तालमय, काचमय ।
lensless a. वीक्ष-शून्य, काचरहित, बिना लैंस ।
Lent[1] n. चेहलम, चिल्ला, ईसटरसे पहलेके ४० दिन (जिसमें इतवारके अतिरिक्त अन्य दिनों ईसामसीहके निमित्त उपवास किया जाता है); (कैम्ब्रिज, pl.) लेण्टकालकी नौका-दौड़ें ।
lent[2] LEND का भूतकालिक रूप ।
lentamente adv. (संगीत) मन्दशः, शनैः-शनैः ।
lentando adv. (संगीत) सावरोध, रुक-रुककर ।
Lenten a. लैण्टकालीन, लैण्टका; सरल, सादा; ~ face उदास दृष्टि, उदास चेहरा, मुरझाया हुआ चेहरा; ~ fare मांसरहित भोजन ।
lenticular a. द्वि-उदुब्ज, मसूर-, मसूराकार (~ cloud); वीक्षाकार, दृष्टिमणीय, दृष्टिमण्डलीय ।
lentiform a. मसूराकार, यवरूप, मसूरकी आकृतिका ।
lentigerous a. दानेदार शीशेवाला ।
lentiginous a. रूसीदार, पपड़ीदार ।
lentigo n. रूसीदार चेहरा, पपड़ीदार चेहरा; रूसी ।
lentil n. मसूर, दाल ।
lentisk n. मस्तगीका वृक्ष ।
lentitude n. आलस्य, मन्दता, सुस्ती ।
lento adv. मन्दशः, शनै--शनैः, धीरे-धीरे ।
lentoid a. वीक्षाकार, तालके आकारका ।
lentor n. आलस्य, मन्दता, ढील, सुस्ती; सान्द्रता, चिपचिपाहट, लस, लसलसापन ।
lentous a. मन्द, सुस्त, आलसी; सान्द्र, चिपचिपा, लसलसा, लसदार ।
Leo n. सिंह राशि ।
Leonid n. सिंह-उल्का (सिंह राशिसे प्रकाशमय लगने-वाला एक तारा) ।
Leonine[1] १. n. पोप-नगर, वाटिकन; २. a. पोप लियो द्वारा आविष्कृत या निर्मित, लियो-सम्बन्धी ।
leonine[2] a. सिंहीय, सिंहवत्, सिंहशील, सिंहसदृश, सिंहका ।
leopard n. द्वीपी; चित्रक, तेन्दुआ, चीता, पिलंग; तेन्दुएकी भाँति चित्तीदार जन्तु (*black, American, hunting, snow,* ~); ~ cloth वर्गित आवरण वस्त्र; *can the* ~ *change his spots* ? चरित्र नहीं बदलता;
~ cat, ~ cub, ~ moth, ~ skin.
leopardess n. मादा चीता, तेन्दुई ।
Lepcha n. सिक्किमवासी एक मंगोल जाति, लेपचा; लेपचा-भाषा ।
leper n. कुष्ठी, कुष्ठरोगी, कोढ़ी; ~ assylum, house कुष्ठालय, कोढ़ीघर ।
lepid a. रुचिर, मनोहर, अभिराम ।
lepidoid a. = GANOID.
lepidolite n. लघुजाभ्रक, अभ्रककी गुलाबी किस्म ।
lepidomelane n. (अतिशय लौहयुक्त) अभ्रक ।
Lepidoptera n. (pl.) शल्किपक्ष, पतंगे ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

lepidopteral a. शल्किपक्षीय, पतंगेका ।
lepidopteran a. शल्किपक्षीय, पतंगेका ।
lepidopterist n. शल्कि-पक्ष वैज्ञानिक, पतंग-ज्ञानी ।
lepidopterous a. शल्किपक्षीय, शल्किपक्ष-युक्त, पतंगेका, पतंगे जैसा ।
lepidosiren n. (जीववि०) अनुदरछिद्र (मछली) ।
leporine a. शशजातीय, खरगोशकी जातिका ।
lepra n. कुष्ठ, कोढ़ ।
leprechaun n. सदयपरी, दयालु या सहायक भुतनी ।
leprologist n. कुष्ठ-विशारद ।
leproma n. कुष्ठार्बुद, कोढ़ी फोड़ा ।
leprosy n. (आधु० निदान) श्वित्र, मण्डलक, कुष्ठ, कोढ़; (ला०) नैतिक भ्रष्टाचार या संक्रामकता ।
leprous a. कुष्ठीय, कुष्ठपीडित, कुष्ठ-ग्रस्त, कुष्ठरोग-सम्बन्धी; कोढ़ी ।
leprousness n. कुष्ठता, कोढ़, कोढ़ीपन ।
leptodactyl n. पतले पंजेवाला (विशे० पक्षी) ।
leptokurtosis n. कूटककुदता, तनकुब्जता ।
lepton n. (प्राचीन यूनानका) सबसे छोटा सिक्का, पैसा, लेप्टन ।
leptorrhine a. सरल-नासा, पतली नाकवाला ।
lesbianism n. = SAPPHISM.
lesc-majesty n. (व्यवहार-विधि) विद्रोह, राजद्रोह, बगावत ।
lesion n. क्षति, अपकार, हानि; आघात, घाव, चोट; (शारीरिक अगोंको कार्य या गठन आदिमें) प्रविकार, विकार, विक्षेप, व्यतिक्रम ।
lesional a. विक्षेप-विषयक, व्यतिक्रम-सम्बन्धी, प्रविकार-सम्बन्धी, शरीर-विकार-सम्बन्धी ।
less[1] n. स्वल्प परिमाण, कमी, स्वल्प संख्या, अल्प वस्तु, कम चीज (*cannot take* ~) ।
less[2] a. अल्प, न्यून, ऊन, थोड़ा, कम; अल्पतर, कमतर; निम्न स्थितिवाला, छोटा, छोटे पदवाला; nothing ~ कुछ और; *may your shadow never be* ~ तुम कभी कृश न हो ।
less[3] १. prep. न्यून, ऋण, कम, कमतर; २. adv. न्यूनांशतः, अल्पतर परिमाण या संख्यामें, कम, थोड़ा ।
lessee n. पट्टधारी, पट्टा पानेवाला व्यक्ति; (प्रेक्षागृह का थियेटरका) पट्टेदार; (मकान इत्यादिका) किरायेदार ।
lesseeship n. पट्टधारिता, पट्टेदारी; ठेकेदारी; किरायेदारी ।
lessen v. i. & t. ह्रास करना या होना, न्यून करना या होना, हलका करना या होना, घटाना, घटना, कम करना या होना ।
lesser n. अल्पतर, न्यूनतर, क्षुद्रतर, लघुतर, और छोटा ।
lesson[1] a. अध्याय, पाठ, उपदेश, शिक्षा, सबक; प्रपाठ, (एककालिक) शिक्षण-मात्रा, शिक्षण-मिति; अध्यापन-काल; (pl.; विषयका) सुव्यवस्थित निर्देशन, सिखलाई; घटना; उदाहरण; दण्ड, वाग्दण्ड; भर्त्सना, निर्भर्त्सन, झिड़की, फटकार; (ओल्ड, न्यू टेस्टामेण्टके) सायं-प्रातःकालीन, स्तुति-पाठ; *give* ~*s in* पढ़ाना, सिखाना; *take* ~*s in* पढ़ना, सीखना ।
lesson[2] v.t. अनुशासित करना, सिखाना; भर्त्सना करना, झिड़कना, फटकारना ।
lessor n. पट्टदाता, पट्टाकार, पट्टा देनेवाला; किरायेपर उठानेवाला ।
lest conj. इस आशंकासे कि, ताकि न, ऐसा न हो कि, नहीं तो ।
let[1] n. & v.t. बाधा (पहुँचाना), प्रतिबन्ध (करना), अवरोध (पहुँचाना); रोक, आड़ (लगाना); (रैकट, लॉन टेनिस आदिमें) खिलाड़ीको रोकना; ~-up ⊙ प्रमाद, शैथिल्य, ढिलाई; कमी, घटी; ~ *slip* चूकना; ढीला करना; ~ *up* प्रमाद या ढिलाई करना, घटना; ~ *well enough alone* अच्छी तरह अकेले रहने दें ।
let[2]* v.t. & aux. (हवा, पानी इत्या०) निकलने देना, बहने देना, जाने देना; पट्टेपर देना, भाड़ेपर उठाना, किरायेपर देना; अनुमति देना, करने देना*, आज्ञा देना*, देना (सहायक क्रियारूपमें जैसे, ~ *us pray*); छोड़ना; ~ *alone* हस्तक्षेप न करना, तटस्थ रहना, दखल न देना; ~ *be* दे० ~ ALONE; ~ *down* उतारना, नीचा करना; आड़े समय साथ छोड़ना; निराश करना, असन्तुष्ट करना; ~ *fall* (शा० एवं ला०, संकेत, महत्त्वपूर्ण शब्द आदि) सहसा निकाल देना, जानबूझकर हटा देना; (रेखा०) लम्ब डालना; ~ *go* छोड़ देना; ~ *in, into* प्रवेशकी अनुमति देना, भीतर आने देना; (किसी वस्तुके तलमें) प्रविष्ट करना, डालना; (कठिनाई आदिमें) डाल देना, फँसा देना; ~ *into* (वाणी या हाथसे) आक्रमण करना, टूट पड़ना, बरस पड़ना; ~ *loose* (कुत्ता, क्रोध, सनक आदि) मुक्त करना, छोड़ देना; ~ *off* छोड़ देना, मुक्त करना, रिहा करना, क्षमा करना; ~ *on* (आ०) रहस्योद्घाटन करना, भेद खोलना, मुखबिरी करना; ~ one*self go* साहस छोड़ देना; ~ *out* (रहस्य आदि) उद्घाटित करने देना, खुलने देना; (व्यक्ति आदिके लिए) द्वार खोलना; मुक्त करना; ~ *slip* (अवसर इत्या०) चूकना, खो देना; ~ *up* (बोल०) घटना, उतारपर होना; (n.) अन्त, समाप्ति, रोक, कमी, घटती; *to* ~ किरायेपर उठाऊ ।
letch n. आकांक्षा, अभिलाषा, इच्छा, चाह ।
lethal a. घातक, प्राणहर, प्राणघाती, मृत्युकारक, सांघातिक, जानलेवा; ~ chamber वधशाला, बूचड़-खाना ।
lethality n. घातकता, भयानकता ।
lethargic a. तन्द्रिल, निद्रालु, निद्रालस, निश्चेष्ट, जड़, मन्द, उदासीन, सुस्त, भारी, आलसी ।
lethargical a. = LETHARGIC.
lethargize v.t. मतिमन्द करना, जड़ता लाना, आलसी बनाना, सुस्त करना, उदासीन करना या होना ।
lethargy n. तन्द्रा, निद्रालुता, आलस्य, जाड्य, मन्दता, जड़ता, सुस्ती; निष्क्रियता, निश्चेष्टता, निर्जीवता,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अन्यमनस्कता, औदासीन्य।

Lethean a. (पातालकी) लीथी नदीका, वैतरणी नदीका; विस्मारक, स्मृतिलोपी।

lethiferous a. घातक, मृत्युजनक।

letter[1]* n. पत्र, चिट्ठी*, (pl.) औपचारिक या कानूनी पत्र; यथार्थ-वक्तव्य, सही बयान; (pl.) साहित्य-स्वाध्याय, शास्त्रज्ञान, ग्रन्थानुशीलन; वर्ण, अक्षर; (मुद्र०) टाइपके प्रकार; (pl.) उत्कीर्ण-लेख, खोदाई; ~-bound शब्द-बद्ध, लकीरका फकीर; ~ of advice सूचना-पत्र, मालका बीजक; ~ pad पत्रावली; ~s patent एकस्वपत्र; *a ~ is enough for the wise* समझदारको इशारा काफी;

~ balance, ~ basket, ~ book, ~ box, ~-card, ~ carrier, ~-case, ~-clip, ~ number, ~-paper, ~press, ~-scale, ~ sorter, ~-weigher, ~-weight, ~-writer, ~-writing.

letter[2] v.t. (ग्रन्थकी जिल्दपर) अक्षर मुद्रित करना, ठप्पा लगाना; (अक्षर द्वारा) श्रेणीबद्ध करना, विभाजित करना।

lettered a. अक्षरांकित, अक्षरचिह्नित; ज्ञानी, विज्ञ, कृतविद्य, पण्डित, विद्वान्, सुशिक्षित, पढ़ा-लिखा।

lettering n. अक्षरांकन, नामांकन, अक्षरों द्वारा विभाजन, लिखावट, अक्षरोंकी बनावट।

letterless a. निरक्षर, अपढ़, निपढ़।

letterpress n. (ब्लाकके टाइपसे) तल-मुद्रण।

letterwood n. (दक्षि० अ० का) एक फलदार पेड़ और उस पेड़की लकड़ी।

Lettic a. & n. लेटिश (लिथुआनियन एवं प्राचीन प्रशन भाषाओंके वर्गका); लेण्ट जातिका।

Lettish a. & n. लेण्ट लोगोंकी भाषा।

lettuce n. रसशाक, हरितक, काहू, सलाद।

leu n. ((pl. *lei*, रूमानियाका) एक सिक्का, पैसा।

leucaethiopia n. (हब्शियोंमे) पीत-वर्णता, पीलापन।

leucaethiopic a. पीत, पीला।

leuchaemia n. = LEUKAEMIA.

leucine n. (पाचन-क्रियाके कालमें प्रोटीनके विघटनसे उत्पन्न) एक श्वेत रस।

leucism n. = LEUCOSIS.

leucite n. श्वेतिजाइम।

leucitic a. श्वेतिजाइमीय, श्वेतिजाइम-विषयक; सश्वेतिज, श्वेतिजाइमसहित।

leucocyte n. सितकोशा, श्वेतकण, श्वेतसत्त्व, श्वेत-गर्भक (रक्तका अवर्ण कीट)।

leucocythemia n. = LEUKAEMIA.

leucoderma n. श्वेतकुष्ठ, अतिश्वेतरक्तता।

leucoma n. सितजाल, आँखका जाला (रोग)।

leucopathy n. (शरीरकी या चमड़ेकी) पीतवर्णता।

leucorrhoea n. श्वेतस्राव, श्वेतप्रदर।

leucosis n. पीतवर्णतातिशय, धवल रोग, अति पीत-वर्णता।

leucous a. श्वेतचर्म, जिसका चाम श्वेत हो।

leukaemia n. अतिश्वेतरक्तता।

lev n. (pl. *-a* बलगेरियाका) एक सिक्क, पैसा।

Levant[1] n. पूर्वदेश, प्राग्देश; मराको चमड़ा।

levant[2] v. i. पलायित हो जाना, भाग जाना, उड़ँछू हो जाना, चम्पत हो जाना, काफूर हो जाना।

levanter[1] n. पलायी, भाग जानेवाला, उड़ंछू हो जानेवाला।

levanter[2] n. (L~) लिवाण्टका निवासी; प्रचण्ड पूर्वी भूमध्यसागरी हवा।

levator n. (~ *muscle* भी) उन्नामक, उन्नमनी, किसी इन्द्रियको उठानेवाली पेशी, लीवेटर।

levee[1] n. पूर-तट; राजसमारोह, दर्शक-मेला, दर्शक-समूह; राज-सभा, राजदरबार, राज-प्रतिनिधि-सभा; (प्रा०) बिस्तर छोड़ते ही अभ्यागतका स्वागत।

levee⊙[2] n. (नदीकी बाढ़से बचावके लिए) बाँध, पुश्ता।

level[1]* n. तल, समतल*, चौरसाई; स्तर*,(सामाजिक, नैतिक या बौद्धिक) आदर्श, प्रतिमान, परिनिष्ठा; समतल भूमि, सम धरातल, चौरस क्षेत्र, मैदानी प्रदेश; समतल-ज्ञापक यन्त्र; समता, साम्य, तुल्यता, *do* one's ~ *best* शक्तिभर प्रयत्न करना; *find* one's ~ औरोंके प्रसंगमें समुचित स्थान पा लेना; *on a ~ with* सम, तुल्य, समान; *on the* ~ (बोल०) सच्चा, सच्चाईसे, ईमानदारीसे।

level[2] v.t. समतल करना, चौरस करना; एक तलपर रखना, बराबर करना; प्रतिमानानुकूल करना, मर्यादानुकूल करना; (क्व० व्यक्तिको) पटक देना, पछाड़ देना; (भेद) मिटाना, सफाचट करना; लक्ष्य करना, निशान लगाना, (बन्दूक) छतियाना; कूट करना, व्यंग्य कसना, ताना मारना; आरोप करना, दोष लगाना।

level[3] a. उदाय, क्षैतिज, धरातलीय; समस्थ, सपाट, समतल, समस्थ, चौरस; सम, सन्तुलित; ~ crossing (सड़कका) समतल पारण; ~-headed समचित्त, सन्तुलितमनस्क, व्यावहारिक, विचारशील, बुद्धिमान्;

~ book, ~ crossing gate, ~ error, ~ line, ~ readings, ~ spirit.

levelled, leveled ⊙ aa. समतलीकृत, समतल किया हुआ।

leveller n. संतलक, समतलित्र; समतावादी व्यक्ति, सामाजिक वैषम्योच्छेदक व्यक्ति।

levelling १. n. समतलन, समतल करनेका कार्य; २. a. समतल करनेवाला (~ *tube*)।

levelness n. साम्य, समता, बराबरी; सन्तुलन; एकत्व; समतलता, समभूमित्व, चौरसाई।

lever[1] n. हस्तक उद्याम, तुलायन्त्र, उत्तोलक, उत्तोलन-दण्ड, भारोत्थापक दण्डविशेष, टेकन, लीवर;

~ frame, ~ key, ~ lock, ~man, ~ mechanism, ~ switch, ~ watch.

lever[2] v. i. & t. (उद्याम इत्या०का) प्रयोग करना;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

लीवरसे उठाना या काम लेना।

leverage n. उद्यामन, उद्यामत्रकी, लीवर लगाना; उद्याम-प्रणाली, लीवर-योजना-प्रणाली; उद्याम विन्यास, उद्याम-संयोजन; उद्याम-लाभ, उद्याम-प्रयोग द्वारा प्राप्त शक्ति; यान्त्रिक सुविधा; (लक्ष्य, शक्ति आदिके) उपपादक साधन; वर्तन, भाँडा ⊙; दाँतेदार पहियोंका क्रम ⊙।

leveret n. हायन-शश, एक वर्षका शशा, एक सालकी उम्रका खरगोशका बच्चा।

leviable a. आरोप्य; संग्राह्य, उद्ग्राह्य, उगाही करने योग्य, कर लगाने योग्य।

leviathan n. (बाइ०) तिमि, तिमिंगल, (विशालाकार सामुद्रिक जीव-विशेष); विशाल पोत; कोई बृहत्तम वस्तु; अति शक्तिमान् या धनवान् व्यक्ति, सुयोग्यतम व्यक्ति।

levied a. आरोपित, उद्गृहीत, संगृहीत, उगाहा हुआ, लगाया हुआ।

levigable a. निःसाद्य; चूर्ण्य, क्षोद्य, पीसने योग्य; हलुआ बनाने योग्य, लपसी बनाने योग्य।

levigate v.t. निःसादन करना; चूर्ण करना, पीस डालना, बुकनी बनाना; हलवा बनाना, घोंटना।

levigated a. क्षोदित, चूर्णित; निःसादित, घुटा-पिसा।

levigation n. निःसादन; पेषण, चूर्णन, घुटाई, पिसाई, लपसी या हलवा बनानेकी क्रिया।

levin n. (का०) विद्युत्स्फुरण, कौंधा, बिजलीकी चमक।

levirate n. (यहूदियोंमें) पुत्रहीन विधवा भाभीसे विवाह करनेकी प्रथा, देवर-भौजाईका ब्याह।

levitate v. i. & t. (आध्यात्मिक प्रसंगमें) वायु-संचरण करना; हवामें उड़ना।

levitation n. उत्थापन; वायु-संचरण, आकाश-गमन, योग द्वारा उड़ान।

Levitical a. लेवी-जाति-सम्बन्धी, लेवी-प्रथा-सम्बन्धी; LEVITICUS ग्रन्थ-सम्बन्धी, याजकीय, पादरीका।

Leviticism n. (लेवी कबीलोंकी) प्रथा, पद्धति, सिद्धान्त।

Leviticus n. (लेविटिकल नियमोंका वर्णन करनेवाला) ओल्डटेस्टामेण्ट (बाइबिल) का अध्याय।

levity n. (क्व०) लघिमा, लघुता, अगुरुता, हलकापन; अविवेक, अविमर्श, अविमृश्यकारिता, अविचार, नासमझी; छिछोरापन, कमीनापन, ओछापन; अस्थिरता, चपलता, चंचलता।

levy[1] n. (कर, मालगुजारी आदिका) आरोपण, उद्ग्रहण, संग्रह, उगाही; कर, तावान, उद्गृहीत करका परिमाण यासंख्या; संगृहीत सैन्य, भरती (~ *in mass*); रँगरूटोंका समूह (pl. भी)।

levy[2] v.t. (कर, सैन्य इत्यादिका) उद्ग्रहण करना, संग्रह करना, उगाही करना, उगाहना; (कर, दण्ड आदि) आरोपित करना, लगाना; बलपूर्वक वसूल करना, ऐंठना; (सैन्य०) भरती करना, दाखिल करना; शस्त्र-संग्रह करना, आयुध-संग्रह करना; ~ *war* युद्ध आरम्भ करना, युद्ध छेड़ना।

lewd a. तुच्छ, निकम्मा, व्यर्थ; कामुक, कामवश, भोगी, कामी, कामासक्त, लम्पट, दुश्चरित्र, दुष्ट, दुराचारी, लुच्चा; अशिष्ट, अभद्र।

lewdness n. कामुकता, भोगासक्ति, कामासक्ति, लम्पटता, दुश्चरित्रता, दौरात्म्य, दुष्टता, दुराचरण, लुच्चापन।

lewdster n. लम्पट, कामुक, कामी, विषयी, व्यसनी, लम्पटस्वभाव।

lewis n. (पत्थर इत्यादि उठानेकी) कुदाली, फावड़ा।

Lewis gun n. (एक प्रकारकी हलकी मशीनगन) लीविस गन।

lewisite[1] n. चूर्णांजनजारिज, संखियाका जारेय।

lewisite[2] n. एक प्रकारकी विषैली गैस।

lexical a. शब्दीय, पदीय, शाब्दिक, शब्द-विषयक, पद-सम्बन्धी; कोश-विषयक, कोशगत, कोश-प्रयुक्त।

lexicographer n. कोशकार, कोश-निर्माता, अभिधान-लेखक।

lexicographic a. = LEXICOGRAPHICAL.

lexicographical a. कोश-प्रणयन-सम्बन्धी, कोशगत।

lexicography n. कोश-रचना, कोश-प्रणयन, कोश-कला, अभिधान-शास्त्र।

lexicologist n. शब्दानुशासक, शब्दशास्त्री, कोश-कलाविशारद।

lexicology n. निरुक्त, शब्दानुशासन, शब्दशास्त्र (जिसमें शब्दोंकी व्युत्पत्ति और उनके प्रयोगका अध्ययन किया जाता है)।

lexicon n. अभिधान, कोश, पुराकोश, शब्दकोश, शब्दसंग्रह।

lexigraphic a. शब्दलिपि-सम्बन्धी।

lexigraphy n. शब्दलिपि, शब्दरूप, शब्दचिह्नकी लिखावट।

lexiphanic a. वाक्पटु, वाग्मी, वाग्जालका प्रयोग करनेवाला।

ley n. घासक्षेत्र, घासका मैदान।

li n. (चीनका) एक बाट, बटखरा; ६३३ गजका चीनी मील।

liability n. दायिता, दायित्व, देयता, बाध्यता, देनदारी (*limited* ~), जिम्मेदारी, जवाबदेही; सम्भाव्यता, भवितव्यता; दायित्वकी वस्तु; (pl.) ऋण, देयधन; (pl.) अनुग्रह, उपकार।

liable a. उत्तरदायी, दायी, भागी, जवाबदेह, जिम्मेदार; बाध्य, वश, अधीन; सम्भव, भवितव्य, प्रत्याशित ⊙ (जैसे, ~ *to stand*)।

liableness n. = LIABILITY.

liaise v. i. सन्धि करना, सम्पर्क स्थापित करना, सुरक्षा-संगठन कायम करना।

liaison n. अवैध प्रेम, प्रेम-बन्ध, जार-सम्बन्ध; (सेना०) सम्बन्ध, सम्पर्क, सहकार, संसहकारिता, मेल; ग्रथन; ~ officer सम्पर्क अधिकारी।

liana, liane nn. (उष्णकटिबन्धीय वनोंकी बेल), बन्ध-लता, आरोही, काष्ठरोही।

liar n. अनृतवादी, मिथ्याभाषी, असत्यवादी, झूठा,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

लबार; *a ~ has no memory* झूठेकी स्मृति लुप्त ।

liard n. एक पूर्वकालीन फ्रांसीसी दमड़ी ।

lias n. (दक्षिणी अफ्रीका) नीली कँकरीली चट्टान; (भूगर्भ०) चूर्णशैल-संघात; चूनेका पत्थर ।

liassic a. नीलोपलीय, नीली कंकड़की चट्टानसे सम्बन्धित; चूर्णशैल-संहतीय, चूनखड़ीके निम्नतम स्तरका ।

libation n. (देवोंके प्रति) तर्पण, उदग्दान, उदकार्पण, धार; मद्यार्पण, मदिराका एक घूँट ।

libatory a. तर्पण-सम्बन्धी ।

libel[1] n. (धर्म, कानून) लिखित अभियोग-पत्र, लिखित वक्तव्य, तहरीरी बयान; (कानून) अपलेख, परिवाद-लेख, अपमान-लेख, निन्दात्मक लेख; (प्रा०) असत्य भाषण, अपमानपूर्ण वक्तव्य; परिवाद, अपवाद, बदनामी; (परिवर्तित०) पमानकारक वस्तु ।

libel[2] v.t. (वक्तव्यों द्वारा) अपमानित करना, मिथ्या आरोप करना, अपमानजनक लेख आदि प्रकाशित करना; दोष लगाना, बदनाम करना (ईसाई एवं *Admiralty Law*) अभियोग चलाना, मुकदमा चलाना, नालिश करना ।

libellant n. वादी, अभियोग चलानेवाला; निन्दक, परिवादी ।

libellee n. प्रतिवादी (जिसके विरुद्ध अभियोग चलाया जाय), परिवादभागी ।

libeller n. अभिशंसक, अपवादक; निन्दक, पिशुन, अपमानजनक-लेख-प्रकाशक ।

libellist n. अपमानकारक, परिवादक ।

libellous a. अपवादपूर्ण, निन्दात्मक, निन्दापूर्ण, कलंककर; अपलेखात्मक ।

liber n. अन्तस्त्वक, आँतर छाल ।

liberal[1] n. ब्रिटिश लेबर पार्टीका सदस्य, लिबरल ।

liberal[2] a. वदान्य, दानशील, व्ययपर, व्ययशील; उदार, त्यागशील, मुक्तहस्त; पुष्कल, पर्याप्त, समधिक, अत्यधिक, बहुत; अकठोर, अकट्टर; उदारमना, उदारचेता, मुक्तहृदय, असंकीर्ण; (राज०) प्रजातन्त्रीय सुधारोंके अनुकूल, उदार दलका;
~ arts, ~ construction, ~ education, ~ facilities, ~ interpretation, ~ party, ~ rules.

liberalism n. उदारतावाद, उदार सिद्धान्त, लिबरलिज्म ।

liberalist n. & a. उदारतावादी, लिबरलिस्ट ।

liberalistic a. उदारतावादी, उदार दलका ।

liberality n. उदारता, औदार्य, विशाल हृदयता, असंकीर्णता; वदान्यता, अतिदान, दातृत्व, त्यागशीलता, दानशीलता, मुक्तहस्तता ।

liberalization n. उदारीकरण, उदार बनना ।

liberalize v.t. & i. उदार बनाना या हो जाना ।

liberate v.t. विमुक्त करना, परिमुक्त करना, स्वतन्त्र करना, स्वाधीन करना, आजाद करना, छोड़ना, रिहा करना; (रसा० में संयोजनसे) पृथक् करना ।

liberated a. विमुक्त, स्वतन्त्र, स्वाधीन, रिहा ।

liberating n. विमोचन, मुक्ति, रिहाई ।

liberation n. विमुक्ति, परिमोचन, मुक्ति, विमोचन, उद्धार, त्राण, निस्तार, छुट्टी; स्वातन्त्र्य, स्वाधीनता, छुटकारा, रिहाई ।

liberationalism n. राज्यमुक्तिवाद, देशस्वतन्त्रतावाद ।

liberationism n. स्वातन्त्र्यवाद ।

liberationist n. स्वातन्त्र्यवादी ।

liberator n. परिमोचक, विमोचक, मोक्षक, मुक्तिदाता, स्वातन्त्र्यदाता, निस्तारक ।

liberee n. (युद्धबन्दी-शिविरसे) मुक्त व्यक्ति, स्वतन्त्र आदमी ।

libertarian n. स्वातन्त्र्यवादी, मुक्तिवादी, स्वाधीनता-का पोषक; स्वेच्छाचारी, स्वेच्छाचारवादी, स्वैरी ।

libertarianism n. स्वातन्त्र्यवाद, मुक्तिवाद, स्वेच्छाचार, स्वेच्छाचारवाद ।

liberticidal a. स्वातन्त्र्यविनाशात्मक, स्वतन्त्रता-विनाश-सम्बन्धी, स्वेच्छाचार-घातक ।

liberticide १. n. स्वातन्त्र्य-नाश; २. a. स्वातन्त्र्य-विध्वंसक, स्वाधीनता-विनाशक; स्वेच्छाचारघाती ।

libertinage n. व्यसन, व्यभिचार, विषयासक्ति, कामुकता, कदाचार, दुराचार, लम्पटता, लुच्चापन; स्वैरिता, स्वेच्छाचारिता ।

libertine a. व्यसनी, व्यभिचारी, कदाचारी, कामुक, कामासक्त, विषयी, भ्रष्टचरित्र, दुराचारी, लम्पट; स्वेच्छाचारी, लुच्चा, बदकार, आवारा ।

libertinism n. = LIBERTINAGE.

liberty n. बन्धन-मुक्ति, कारा-मुक्ति, दासता-मुक्ति; मुक्ति, स्वातन्त्र्य, उन्मुक्ति, स्वाधीनता, स्वतन्त्रता, छुटकारा, (*civil, natural, political, religious*, ~); (दर्श०) अदैवपरता, आवश्यकता-विमुक्ति; मर्यादातिक्रम, स्वैरिता, स्वच्छन्दता; स्वातन्त्र्य-मूर्त्ति, साकार स्वाधीनता; (pl.) राजनीतिक सुविधाएँ; (स्वीकृत या प्रदत्त) अधिकार; *at ~* मुक्त, स्वतन्त्र, स्वाधीन; स्वेच्छाचारी, पृथक्कृत, कार्य-मुक्त, कार्य-निवृत्त; *set at ~* मुक्त करना, रिहा करना; *take ~s* धृष्टता करना, साहस करना, स्वेच्छाचारिता करना ।

libethenite n. ताँबेका हरे रंगका हाइड्रस फास्फेट ।

libidinal a. शक्ति-सम्बन्धी, बलमूल, वेगात्मक; कामोत्तेजना-सम्बन्धी, कामवर्धक ।

libidinous a. कामी, कामुक, व्यभिचारी, विलासी, लम्पट, विषयासक्त, लुच्चा, बदकार ।

libidinousness n. कामोत्तेजना, कामुकता, व्यभिचार ।

libido n. ओज, शक्ति, शारीरिक शक्ति; कामवासना, कामोत्तेजना ।

libra n. (pl. *-ae*) एक पाउण्ड सोनेका सिक्का; तुला राशि ।

librarian n. पुस्तकाध्यक्ष, लाइब्रेरियन ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

librarianship n. पुस्तकालयाध्यक्षता, पुस्तकालयाध्यक्षपद ।

library* n. पुस्तकालय*, ग्रन्थागार, पुस्तकागार, किताबघर, लाइब्रेरी; (प्रकाशक द्वारा मुद्रित) पुस्तकमाला; (लेखक द्वारा अधीत) ग्रन्थ-समुच्चय;
~ amendment register, ~ card, ~ cardholder, ~ catalogue, ~ committee, ~ deposit, ~-fine, ~ science.

librate v. i. तोलना; तुलना, तुल जाना; झूलना, आगे-पीछे हिलना-डुलना ।

libration n. तोलन, ईषद्दोलन; (ज्यो०) दर्शन-स्थिति ।

libratory a. तोलक, दोलक, दोलायमान, झूलनेवाला ।

librettist n. ऑपेरा-प्रणेता ।

libretto n. (pl. *-ti, -te*) ऑपेरा-पाठ, काव्य-कथा, ऑपरा-सम्बन्धी पुस्तिका या शब्दसमूह ।

Libyan a. & n. प्राचीन लीबिया-निवासी; (का०) अफ्रीकी, अफ्रीकाका; लिबियन, (बर्बर भाषाका) आधुनिक हेमेटिक (भाषाओंका) ।

lice n. LOUSE का बहुव० ।

licence[1] n. अनुज्ञा, अनुज्ञप्ति, अनुमति; अनुज्ञापत्र, लाइसेंस; (विश्ववि०) प्रमाणपत्र, सर्टिफिकेट, सनद; स्वैरिता, कार्य-स्वातन्त्र्य, अनियन्त्रित स्वातन्त्र्य; कानूनकी अवहेला; (रचनाकी) अनियमितता, अनर्गलता;
~ clerk, ~ fee, ~ form, ~-holder, ~ issuer, ~ number, ~ officer, ~ vendor.

licence[2], **-se** ⊙ v.t. अनुज्ञप्ति देना, अनुमति प्रदान करना; (in p. p.) पूर्ण स्वतन्त्रता देना; अनुज्ञापत्र देना, अनुमति-पत्र प्रदान करना, लाइसेंस देना; (प्रकाशन इत्या०का) अधिकार देना ।

licensable a. अनुज्ञप्ति देने योग्य ।

licensed a. अनुज्ञप्त, आज्ञापित, लाइसेंसदार (~ *dealer*) ।

licensee n. अनुज्ञप्तिधारी, अनुज्ञापत्रधारी, लाइसेंसदार ।

licenser n. (क्रियागत अर्थोंमें) अनुज्ञप्ति-दाता, लाइसेंस-प्रदाता, अनुज्ञाता, अनुमति देनेवाला अधिकारी ।

licensing n. अनुज्ञापन (~ *authority*);
~ area, ~ board, ~ period, ~ policy, ~ rules.

licentiate n. (विश्वविद्यालयका) लब्धानुज्ञ, अनुज्ञप्तिधारी, प्रमाणपत्र-धारी; प्रमाणित या अनुज्ञाप्राप्त व्यक्ति, लाइसेन्सधारी ।

licentiation n. (चिकित्साके कार्यके लिए) अनुमति-दान, लाइसेंस देना ।

licentious a. अवहेलना करनेवाला, उपेक्षा करनेवाला; कामी, कामुक, स्वैरी, व्यभिचारी, लम्पट, दुराचारी, व्यसनी, विषयी, भोगी, असंयमी, स्वेच्छाचारी ।

licentiousness n. अवहेलनाकर्तृत्व; कामुकता, स्वैरिता, व्यभिचारिता, असंयम, लम्पटता, दुराचार, व्यसन, असंयमिता, स्वेच्छाचारिता ।

lich, lych, lyke nn. शव, मृत शरीर ।

lichen n. शिलावल्का, काई; वनस्पति ।

lichenaceous a. शिलावल्कीय, काई-सम्बन्धी ।

lichened a. शिलावल्कावृत, काईसे आच्छादित ।

lichenic a. = LICHENOUS.

lichenin n. काईका स्टार्च या रस ।

lichenography n. शिलावल्का-विज्ञान, काईका वर्णन ।

lichenoid a. = LICHENACEOUS.

lichenology n. शिलावल्का-विज्ञान, काईका अध्ययन ।

lichenous a. शिलावल्कीय, काईदार ।

lich-gate n. (गिरजाघरके सिंहद्वारपर) एक दालान, बरसाती, ड्योढ़ी, ओसारा ।

lich-wake n. (मृत शरीरका) रातमें पहरा देना ।

licit a. वैध, वैधानिक, धर्म्य, धर्मसम्मत, कानूनी ।

licitness n. धर्म्यता, वैधता, वैधानिकता ।

lick[1] n. लेहन, जीभसे चाटनेकी क्रिया; (*salt-*~ भी) जानवरोंके नमक चाटनेका स्थान; वार, प्रहार, आघात, चोट; (ग्रा०) गति, चाल, कदम ।

lick[2] v.t. लेहन करना, चाटना; प्रहार करना, चोट लगाना, ठोंकना, पीटना, मारना; ~ one's *chops* or *lips* मुँहमें पानी आना, स्वादके लिए होंठ चाटना; ~ one's *shoes* दासता प्रदर्शित करना, निम्नकोटिकी चापलूसी करना; ~ *the dust* पराभूत हो जाना, मर जाना; ~ *up* चाट जाना, खा-पी जाना ।

lickerish, liquorish aa. सुरस, स्वादु, मीठा; स्वादुप्रिय, स्वादुभोजी, चटोरा, जिभचटना; लुब्ध, लोलुप, लोभी, खाऊ, लालची; कामी, लम्पट, दुश्चरित्र ।

lickerishness n. स्वादुप्रियता, स्वादुभोजित्व, चटोरपन; लुब्धता, लोलुपता, खाऊपन; लम्पटता, कामुकता ।

lickerous a. = LICKERISH.

licking n. आघात, प्रहार, ताडन, मार, पिटाई; पराभव, पराजय; चाटना, चटाई ।

lickspittle n. क्षुद्र चाटुकार ।

licorice n. = LIQUORICE.

lictor n. (प्राचीन रोमका) एक परशुधर पदाधिकारी, लिक्टर ।

lid n. पिधान, पिहान, आच्छादन, पुट, ढक्कन, चपनी, ढकना; नेत्रच्छद, पलक, पपोटा ।

lidded a. पिहित, ढक्कनवाला, ढक्कनदार ।

lidding n. ढकना, ढाँपना ।

lidless a. खुला, बिना ढक्कनका ।

lido n. घाट; स्नान-सरोवर ।

lie[1] n. मिथ्या कथन, मृषोक्ति, असत्य-भाषण; वंचना, प्रतारणा, छल; असत्य, झूठ; मिथ्या प्रतीति, मिथ्या विश्वास, भ्रान्त धारणा; white ~ सफेद झूठ, अविश्वसनीय बात; *a* ~ *has no legs to stand upon* झूठके पाँव कहाँ ? *give the* ~ *to* झूठका आरोप लगाना ।

lie[2] v. i. & t. असत्य भाषण करना, झूठ बोलना; झूठ

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

बोलकर नाम पाना: झूठ बोलकर कुछ पाना या खोना; (वस्तु) वंचित करना, ठगना।

lie[3] n. स्थिति, अवस्थिति, दिशा, प्रकार, ढंग; (पशुओं इत्यादिका) थान, ठिकाना।

lie[4] v. i. (शरीरको जमीनपर) पड़ा रखना, लेटा हुआ रखना; लेटना, पड़ जाना, आराम करना, पड़ना; कब्रमें पड़ा हुआ होना, दफनाया होना; (चिड़ियोंका) पड़े रहना, ऊँचा न उठना; (वस्तुओंके विषयमें, जमीनपर) रहना, टिकना: ठहरना, एकत्र होना, संगृहीत होना, (जैसे *money ~ing at the bank*); स्थित होना, अवस्थित होना; (सूक्ष्म) अस्तित्व रखना, होना; सम्बद्ध होना, व्यवस्थित होना, क्रमबद्ध होना; (कानून) प्रवेश्य होना, स्वीकार्य होना, समर्थनीय होना; ~ *a-bed* देरमें सोकर उठना; ~ *by* अलग रहना; ~ *down* नैराश्यमें पड़े रहना, विरोधीका सामना न करना; ~ *hard (heavy) on (upon)* बोझ होना, भारस्वरूप होना; ~ *in* सूतिकागृहमें होना, जच्चाखानेमें होना; ~ *in ruins* or *the dust* खण्डहर होना, वीरान होना, उजाड़ होना; ~ *in wait* (रहस्योद्घाटनार्थ) छिपकर बैठना, ताक लगाना; ~ *off* (नौवि०) तटसे या अन्य पोतोंसे दूर रहना; ~ *on the bed one has made* कियेका फल भोगना, जैसी करनी वैसी भरनी; ~ *up* विश्राम करना, बिस्तरेपर पड़े रहना, बिछौनेपर लेट जाना; पृथक् होना, कार्यमुक्त होना।

Lieberkuhn n. (सूक्ष्मदर्शी यन्त्रमें लगा हुआ) प्रतिबिम्बक, परावर्त्तक।

Liebig n. (*~'s extract of beef*) गोमांसका सत्त्व या रस।

Lied n. (pl. *-er*) जर्मन-गीत; लोक-गीत, (विशे० कलागीत)।

lief १. adv. स्वेच्छया, सानन्द, इच्छापूर्वक, प्रसन्नतासे; २. n. (प्रा०) प्रिया, प्रेयसी।

liege[1] n. प्रभु, भूस्वामी (सैनिक सेवाके बदले भूमि देनेवाला; विशे० *my ~* सम्बोधनमें); प्रजा, असामी।

liege[2] a. निष्ठ, भक्त, स्वामिभक्त; सामन्तीय सेवाएँ प्राप्त करनेवाला; सेवक, दास; असामी; ~man विश्वसनीय अनुचर, भक्त, स्वामिभक्त प्रजा।

liegedom n. निष्ठा, भक्ति, स्वामिभक्ति; अधीनता।

liegeless a. स्वाधीन, स्वतन्त्र।

lien[1] n. पूर्वाधिकार, स्वत्व, धारणाधिकार, ग्रहण, ग्रहणाधिकार, कानूनी अधिकार, हक।

lien[2] n. प्लीहा, तिल्ली।

lienal a. प्लीहा-विषयक, प्लीहा-सम्बन्धी, तिल्लीवाला।

lienitis n. प्लीहा-व्याधि, प्लीहाकी बीमारी, प्लीहा-शोथ।

lienteric a. आमातिसार-विषयक।

lientery n. आमातिसार।

lierne n. छोटी कमानी, लिअर्न।

lieu n. (प्रायः *in ~ of* में) स्थान, जगह।

lieutenancy n. लेफ्टीनैण्टका पद।

lieutenant n. स्थानापन्न, प्रतिनिधि, नायब; उपबलपति, महापोतिक, लेफ्टिनैण्ट; ~ governor उप-राज्यपाल।

lieutenantship n. प्रतिनिधित्व; उपबलपतित्व, बलपतिपद, महापोतिकत्व, महापोतिक-पद, सेनाध्यक्ष-पद।

life n. प्राण; आयु, अवस्था, जीवन-काल, जीवन; जीवत्व, जीविता, जीवन्तता, सप्राणता, सजीवता, प्राणवत्ता, जिन्दादिली; सजीव वस्तुएँ एवं उनकी गति; जीव, सत्त्व, प्राणवायु, प्राणशक्ति, जान, जिन्दगी, आरबल; सजीव रूप, प्राणमय आकार, जीता-जागता प्रतिरूप, देहदीर्घ-मूर्त्ति; नवजीवन, अभिनव जीवन, नया जन्म; (शा० या ला०; खेलमें) बाजी, दाँव; जीवन-प्रणाली, जीवन-पद्धति; वैयक्तिक कार्य एवं भाग्य; जीवनी, जीवन-चरित; जीवन-सचेष्टता, जीवन-सक्रियता, सांसारिक एवं व्यावहारिक आनन्द; (धर्म शा०) मुक्ति, मोक्ष, छुटकारा; पुनर्जन्म, पुनर्जीवन; ~belt रक्षा-पेटी, जीवनपेटी, सन्तरण-पेटी, डूबनेसे बचानेवाली पेटी; ~-boat रक्षा-नौका, जीवन-नौका (समुद्री तूफानसे रक्षा करनेके निमित्त प्रयुक्त); ~long आजीवन, यावज्जीवन, जीवनपर्यन्त, आमरण; ~-preserver भारी सिरेवाली एक छोटी छड़ी; ~ saving ○ समुद्रतटीय रक्षक, कोस्टगार्ड; ~ sentence आजीवन दण्डादेश; ~-spring जीवन-स्रोत; *bring to ~* जीवित करना, जिलाना; *come to ~* जीवित हो जाना, जी पड़ना; *~-strings are cut* or *broken* जीवनके सम्बन्ध टूटे, मर गया;

~ annuity, ~ appointment, ~ assurance, ~ assurance policy, ~-boat service, ~ convict, ~ cycle, ~ employment, ~ estate, ~ expectation, ~-form, ~-fund, ~-giving, ~-history, ~ insurance, ~-jacket, ~ land, ~-office, ~ period, ~ policy, ~ prisoner, ~ process, ~-saving appliances, ~size, ~-span, ~-stage, ~ statistics, ~ structure, ~-table, ~ tenant, ~ tenure, ~-time, ~-work.

lifeblood n. प्राण, सत्त्व, सारभूत द्रव्य; जीवन शक्तिदायक रक्त।

lifebreath n. उत्साह देनेवाला प्रभाव, प्रेरणा; प्राण।

lifebuoy n. (पानीमें डूबनेसे बचानेवाली) एक हवासे भरी नली, पीपा।

lifeful a. शक्तिवान्, शक्तिमय, बलशाली, जीवटवाला।

lifegiving a. जीवनप्रद, जीवनदायक।

lifeguard n. शरीर-रक्षक।

life-interest n. जीवन-स्वत्व, जीनेका अधिकार।

lifeless a. गतप्राण, निष्प्राण, निःसत्त्व, निष्प्राण, निर्जीव, अजीव, मुरदा, बेजान; सत्त्वहीन।

lifelessness n. निःसत्त्वता, प्राणहीनता, निष्प्राणता, निर्जीवता, मुर्दापन।

lifelike a. प्राणवत्, प्राणवान्; यथावत्, यथातथ, जीता-जागता।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

lifeline n. हाथमें पड़ी जीवन-रेखा ।

lifer n. (ग्रा०) आमरण कारावासका दण्ड-प्राप्त व्यक्ति, आजीवन बन्दी, उम्र कैदी ।

lifetime n. जीवन-काल ।

lift[1] n. उत्थापन, उत्तोलन; (बूटकी एड़ीमें) चमड़ेकी एक तह; उत्कर्ष, प्रतिपत्ति, आरोह, चढ़ाव; (भूमिका) उभार, उठाव, उठान; उद्वाह, उद्वहन (विमानपर पड़नेवाला दीर्घात्मक वायु-भार); उत्थापयन्त्र, लिफ्ट;

~ attendant, ~ canal, ~ cleaner, ~ irrigation scheme, ~man, ~ mechanic, ~ pump, ~ valve.

lift[2]* v.t. & i. उद्वहन करना, उद्वाहन करना, उत्थापन करना, उठाना*; उभारना, उचकाना, ऊँचा करना; (विशे० जानवर इत्यादि) चुराना; (अंश, अवतरण इत्यादि) उड़ा लेना, उतार लेना; (तम्बू आदि) उखाड़ना, ऊपर उठाना; उछालना; (जहाजका लहरोंपर) उभरना, उठना; (बादल, इत्यादि) छटना, हटना; (फर्शका) उभरना, फूलना; ~ *a hand* किंचिन्मात्र प्रयत्न करना, प्रहार करना; ~ *up* one's *head* पुनः उन्नति करना, गिरकर फिर सँभलना; ~ *up* one's *heel* ठोकर चलाना ।

lift[3] n. आकाश, स्वर्ग ।

liftable a. उद्वाहनीय, उठाने योग्य ।

lifted ○ a. उत्क्षिप्त, उत्थापित, ऊपर उठाया हुआ; ~ *his debts* ऋण चुका दिया ।

lifter n. उद्वहित्र, उठानेकी कल; उचक्का ।

ligament n. (प्रा०) बन्धन, ऐक्य-बन्धन, पट्टी; (श० र० शा०) स्नायु, नस, पट्ठा; पाश, अस्थि-बन्ध, स्नायुपट्टिका, स्नायु-जाल ।

ligamental a. अस्थि-बन्धनात्मक, अस्थिबन्ध-विषयक, स्नायवी; पट्टीवाला ।

ligamentary a. अस्थि-सम्बन्धी, स्नायवी ।

ligamentous a. अस्थि-संयोजक, अस्थि-संयोजक झिल्लीका ।

ligan n. नौकावशेष, नष्ट पोतका सामान, समुद्रमें डूबी हुई वस्तुएँ ।

ligate v.t. (शल्य०) पट्टी बाँधना ।

ligation n. आवेष्टन, वेष्टन, पट्टी ।

ligature[1] n. ग्रन्थि, गाँठ, संयोजक वस्तु; बन्धन, बन्धनी, पट्टी, तनी; तन्तु; (संगीत) बन्ध, अनुबन्ध; (मुद्रण) युक्ताक्षर, जुड़वाँ अक्षर ।

ligature[2] v.t. पट्टी बाँधना, जोड़ मिलाना ।

ligger n. फलक, फट्टा, तख्ता; फाँसीके तख्तेका पटरा; चक्कीका निचला पाट: पटरेका पुल; बिस्तरकी चद्दर; सामन मछली; मछली मारनेकी चारा लगी हुई डोरी ।

light[1]* n. प्रकाश*, ज्योति, रोशनी (*saw a distant* ~); दर्शन-माध्यम; उजाला, उजास; (चाक्षुष नाड़ियोंका) संवेदन, प्रवेग; प्रकाशकी मात्रा, किसी वस्तुकी सामान्य मात्रा; अनुकूल दृष्टि, अनुकूल पक्ष; (का०) दृष्टि (ग्रा०, pl.) आँखें; (जलती हुई) प्रकाशकी, मोमबत्ती, लैम्प, दीया, चिराग; (नौवि०) पोत-दीप, दीप-स्तम्भ, प्रकाश-स्तम्भ, प्रकाश-गृह; ज्ञान-सूर्य, पाण्डित्य-प्रकाश; ज्ञान, बोध; ज्ञानोदय, बोधोदय; बुद्धि, मानसिक शक्ति; (धर्म शा०) स्वर्गीय ज्योतिष्कता, बोधोदय, ज्ञानोन्मेष; गवाक्ष, जालमार्ग, वातायन, झरोखा, रोशनदान; (चित्र०) चित्रणमें प्रकाशमय अंश; (कानून) खिड़कीपर पड़नेवाला प्रकाश; लपट, चिनगारी; *bring to* ~ प्रकाशित करना, उद्घाटित करना, प्रकट करना; *come to* ~ प्रकट होना, उद्घाटित होना, प्रकाशित होना, ज्ञात होना; *in a good* ~ सहज-दृश्य, अच्छी तरहसे दिखाई पड़नेवाला; *in the* ~ *of these facts* (इस) दृष्टिसे, (इन) तथ्योंकी सहायतासे; *see the* ~ प्रकाशित होना, प्रकाशमें आना, उत्पन्न होना, पैदा होना; *stand in* one's ~ किसीकी धूप छेंकना, सफलतामें बाधक होना; *throw, shed,* ~ *upon* प्रकाश डालना, व्याख्या करना, स्पष्ट करना;

~ charges, ~-demander, ~ dues, ~ duties, ~ energy, ~ filter, ~ intensity, ~ radiation, ~-year.

light[2] v.t. & i. प्रकाशित करना, जलाना, रोशन करना, उजाला करना, रोशनी देना, जलाना, सुलगाना, आग लगाना; (नेत्रोंमें) दीप्ति होना या उत्पन्न करना; चमक उठना, चमकने लगना; दिखाना, रास्ता बताना; ~ *on* पाना ।

light[3] a. सुप्रकाश-युक्त, अन्धकारशून्य; हलका वर्ण ।

light[4] a. मन्द, हलका, खाली; अल्पभार, कम वजनी (~ *gold*); लघु-भार-विषयक; लघु भारके निमित्त निर्मित (~ *ship*); निर्मित (भवन) नाति विशाल, मनोरम, लघु एवं प्रशस्त; फीका; पतला, भुरभुरा; (शराब इत्यादि) अगरिष्ठ, हलकी; (अक्षर) आघातरहित; अमहिम, महत्त्वहीन; लघु, क्षुद्र, तुच्छ, नगण्य; अगम्भीर, परिहास-प्रिय; कामासक्त, दुश्चरित्र; गत्वर, स्फूर्तिवान्, फुर्तीला; चल, चपल, अस्थिर, अदृढ़; सुसह्य, सहज, सोढव्य; सुगम, निरायास; कृत; प्रसन्न (~ *heart*); (नींद) अप्रगाढ़, उचट जानेवाली; प्रफुल्ल, प्रसन्न, निरवसाद, आशान्वित; भ्रान्त, विभ्रान्त, क्षिप्त, बहका हुआ; ~-armed सामान्य शस्त्रास्त्र-सज्जित; ~-fingered चौर्य-पटु, चोरीमें निपुण; ~ hand (शा० एवं ला०) सुचारु व्यवस्था, कुशल-प्रबन्ध; ~ horse लघुशस्त्र, अश्वानीक; ~-o'-love स्वैरिणी, व्यभिचारिणी, हरजाई; ~-skirts व्यभिचारिणी स्त्री;

~ artillery, ~ ash, ~-bearded, ~ bitter ale, ~ blow, ~ blue, ~-bodied, ~-brained, ~ breeze, ~ Brunswick green, ~ buff, ~ camphor oil, ~ canvas, ~ castings, ~ coin, ~-coloured, ~-coloured plumage, ~-complexioned, ~ cork, ~ crown thinning, ~ duty, ~ engine, ~ flint, ~-foliaged, ~-footed, ~ green, ~ grey,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ gun, ~-headed, ~-hearted, ~-hessian, ~ iron ladder, ~ labour prisoner, ~-limbed, ~ literature, ~ loam, ~ magnesia, ~ metal, ~ occupation, ~ oil, ~ orange, ~ petroleum, ~ platinum group, ~ platinum metal, ~ proof, ~ railway, ~ red, ~ red silver ore, ~ refreshment, ~-robed, ~-rooted, ~ shade, ~ showers, ~-skinned, ~ soil, ~-spirited, ~ straw colour, ~ structurals, ~ tank, ~ thinning, ~ tractor, ~-transport vehicle, ~ weight, ~-winged, ~wood, ~ yellow.

light[5] adv. हलकेपनसे ।

lightable a. प्रकाश्य, प्रद्योत्य, प्रज्वाल्य ।

lighted a. प्रकाशमान्, जलता हुआ ।

lighten[1] v.t. & i. प्रकाशित करना, उजाला करना, रोशनी डालना; चमकाना, दमकाना; (बिजली) गिराना; चमकना, दमकना ।

lighten[2] v.t. & i. हलका करना, भार कम करना, बोझ कम करना; धैर्य देना, धीरज बँधाना, जी हलका करना; (ला०, विषादि) लघूकृत करना, घटाना; घटना, कम होना, हलका होना ।

lightening n. प्रकाशन, प्रज्वलन, उद्दीपन, चमकना ।

lighter[1] n. दीपक, ज्वालक, प्रज्वालक ।

lighter[2] n. अवतारक, (जहाजपर माल इत्यादि चढ़ाने-उतारनेमें प्रयुक्त) हलकी नाव, मालबोट, चिपटी नौका, लाइटर ।

lighter[3] v.t. (लाइटर नौकामें रखकर)माल ले जाना ।

lighterage n. (लाइटर नौकासे) सामान उतारना; (जहाजका) पड़ाव भाड़ा, माल चढ़ाने-उतारनेका शुल्क ।

lighterman n. लाइटरका नाविक ।

lighthouse n. दीपस्तम्भ, प्रकाशस्तम्भ ।

lighting n. प्रकाश; प्रकाशन; प्रकाश-प्रबन्ध ।

lightish a. अंशतः हल्का, हल्का-सा ।

lightkeeper n. प्रकाश-स्तम्भ-रक्षक ।

lightless a. प्रकाशशून्य, प्रकाशरहित, ज्योतिहीन, बे-चिराग, अँधेरा; अन्धा ।

lightness n. लघिमा, लघुता, लघुत्व, फुर्ती, हलकापन; सुख, सौकार्य ।

lightning n. सौदामिनी, तडित्, विद्युत्, कौंधा, बिजली; chain ~ कटावदार बिजली; forked ~ लहरिया बिजली; ~ bug⊙ खद्योत, जुगनू; ~ conductor तडिद्ग्राहक, ~ strike आकस्मिक हड़ताल; ~ stroke तड़िदाघात; sheet ~ फैली हुई बिजली; *like* ~, *with* ~ *speed* द्रुत गतिसे, शीघ्रतासे ।

lights n. (pl.) भेड़ और सुअरआदिके फेफड़े ।

lightship n. जलमें तैरनेवाला एक प्रकाश-गृह ।

lightsome[1] a. कान्त, कमनीय, सुन्दर, हलका; सानन्द, प्रसन्न; स्फूर्तिवान्, फुर्तीला ।

lightsome[2] a. (क०) प्रकाशदायक, प्रकाशपूर्ण; दीप्तिमान्, तेजोमय, सुप्रकाश; चमकीला, उजला; प्रफुल्ल, सानन्द, प्रसन्न, आनन्दित ।

lightsomeness n. कमनीयता; स्फूर्ति, फुर्ती; आनन्द, प्रसन्नता, प्रफुल्लता ।

light-spirited a. हृष्ट, प्रसन्न ।

lightweight n. १३५ पौण्डसे नीचेके वजनका आदमी ।

lightyear n. प्रकाशवर्ष, एक ज्यौतिष वर्ष (जिसमें नक्षत्रकी यात्रा पूरी होती है) ।

lign-aloes n. अगरु ।

ligneous a. (वन०) काष्ठमय, लकड़ीवाला, काठका ।

ligniferous a. काष्ठप्रद, काष्ठपूर्ण, लकड़ी वाला ।

lignification n. काष्ठीकरण, लगुड़ीयन ।

ligniform a. काष्ठाकार, काष्ठवत्, लकड़ी-जैसा ।

lignify v.t. & i. लगुडीयन करना, लकड़ी बना देना या बन जाना ।

lignin n. लगुडि, लकड़ीका रस ।

ligniperdous a. (कीड़े) काष्ठ-विनाशक ।

lignite n. वह्नि-अंगार, लगुडांगार, (भूरे रंगका कोयला) लिग्नाइट ।

lignitic a. लगुडांगारवत्, लगुडांगारीय ।

lignose n. (नाइट्रो-ग्लेसरीन और काष्ठतन्तुओंसे बना) एक विस्फोटक पदार्थ; = LIGNIN.

lignum vitae n. हीरक-दारु, (औषधके कामकी एक लकड़ी) ।

ligroin n. एक शोधित पेट्रोलियम ।

ligula n. जिह्विका, जिह्वावत् एक अंग; (घासकी) पत्तीका चौड़ा भाग; पट्टी-जैसी पंखुड़ी ।

ligular a. जिह्वा-, जिह्वीय, जीभका ।

ligulate a. पट्टीके आकारका (~ *floret*); जिह्वित, जिह्वावत् अंगयुक्त ।

ligulated a. = LIGULATE.

ligule n. जिह्विका ।

ligurite n. एक हरित स्फानिज ।

likable a. रुचिकर, कमनीय, पसन्द करने योग्य ।

likableness n. रोचकता, कमनीयता, पसन्दगी ।

like[1] n. (प्रायः pl.) अभिरुचि, पसन्द, चाह ।

like[2] v.t. & i. भाना, पसन्द होना; समृद्ध होना फूलना-फलना; चाहना, पसन्द करना, रीझना; आकर्षण अनुभव करना, अच्छा लगना; अनुकूल होना (*the food does not ~ me*) ।

like[3] n. समान पुरुष, समान वस्तु (*mix with your ~s, did you ever see the ~ of it*); ऐसा काम, ऐसी बात (*will never do the ~ again*) ।

like[4]* a. तद्वत्, तुल्य; सदृश, समान*(*the two letters are very ~*), अनुसार, अनुरूप, (*that is ~ your impudence*), अनुहार, बराबर, जैसा*, सा; सम्भाव्य, समर्थ, उपयुक्त; *and the ~* इत्यादि (*painting, music & the ~*); ~ *a shot* तुरन्त, बिना

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

चीं-चपड़; स्वेच्छया, इच्छापूर्वक; ~-minded समरुचि, समविचार; ~ *cures* ~ विषस्य विषमौषधम्, आगका जला आगसे अच्छा होता है; ~ *draws* ~ चोर-चोर मौसेरे भाई; ~ *father* ~ *son* जैसा बाप वैसा बेटा, जैसी माय वैसी धिया; ~ *master* ~ *man* अन्धी देवियाँ लूले पुजारी, जैसा स्वामी वैसा सेवक; *something* ~ लगभग ऐसा।

like[5] adv. (प्रा०) सम्भवतः; उसी पद्धतिसे, उसी प्रणालीसे; उसी ढंगसे, उसी प्रकार, उसी अंशमें।

like[6] conj. जैसा (*cannot do it* ~ *you do*)।

likeable a. प्रिय, काम्य, मनोहर, रोचक।

likelihood n. सम्भावना, सम्भवता, डौल; *in all* ~ सम्भवतः।

likeliness n. सम्भाव्यता, सम्भवता।

likely[1] a. सम्भाव्य, सम्भव, भवितव्य, घटनीय; योग्य, उपयुक्त (*the likeliest place for smugglers*); तुल्य; होनहार।

likely[2] adv. सम्भवतः, (प्रायः *most* or *very* ~)

liken v.t. उपमा देना, तुलना करना, सदृश प्रमाणित करना, मिलाना।

likeness n. सादृश्य, समानता, साम्य, एकरूपता, समरूपता, अनुरूपता, आनुरूप्य, औपम्य, अनुहारिता; प्रतिरूप, प्रतिलिपि, प्रतिकृति, अनुलिपि, आकार, मूर्त्ति, प्रतिमा (*take one's* ~); अनुहार व्यक्ति, अनुरूप वस्तु।

likewise adv. & conj. तद्वत्, तत्सदृश, उसी प्रकार; उसी तरह; (बाइ०) इसके अतिरिक्त और भी।

likin n. (चीनमें) परिवहन-शुल्क।

liking n. रुचिकर वस्तु, पसन्दकी चीज; अभिरुचि, रुचि, इच्छा, प्रीति, तुष्टि, अनुराग, पसन्द, चाह, शौक (*for* के साथ)।

lil ⊙ LITTLE का रूपान्तर।

lilac n. नीलक, नील, लाइलैक, (एक प्रकारका फूलका पौधा); नीला रंग, प्ररक्तातिनील, (हलका गुलाबी लिये जामुनी रंग)।

liliaceous a. कुमुदिनी-वत्, कुईंकी तरह।

lilied a. नलिनीमय, लिलीमय, लिली-सज्जित।

Lilliputian n. वामन, बौना, नाटा, ठिगना।

lilt[1] n. ताल-लयपूर्वक गाया हुआ गाना।

lilt[2] v.t. & i. ताल-लय-पूर्वक गाना, मस्तीमें उछलना-गाना।

lily n. कुमुदिनी, नलिनी, लिली; अतिश्वेत वस्तु; अतिशुद्ध व्यक्ति; (गुण०) श्वेत, दूधिया (~ *hand, maid*); lilies & roses सुन्दर वर्ण; ~-livered भीरु, कायर, डरपोक; ~ of the valley लिली सदृश एक वासन्ती लता;
~green, ~ jasmine, ~ pond, ~-trotter.

lily-handed a. कोमल श्वेत हाथोंवाला।

lily-pad n. कुमुदिनी-पर्ण; कुईंकी पत्ती।

lily-white a. कुमुदिनीवत् श्वेत, कुईंकी तरह सफेद।

limaceous a. मन्थरवत्, केंचुएका, केंचुए-जैसा।

limaciform, limacoid aa. मन्थराकार, केंचुए-जैसा।

limation n. भरण, पूरण, भरनेकी क्रिया; (ला०) त्रुटियाँ सुधारनेकी क्रिया।

limb[1] n. गात्र, अंग, हाथ-पाँव, अवयव; शरारती लड़का, शैतान लड़का (~ *of the devil*); प्रशाख, मुख्य शाखा; वाक्य-खण्ड; पर्वत-कूट; fore ~ अग्रपाद; ~ of the law वकील, सिपाही।

limb[2] v.t. अंगछेदन करना, अंग-भंग करना, हाथ-पाँव काटना।

limb[3] n. (वैज्ञा०; धरातलका) कोर, किनारा; कोण-मापक-यन्त्र; (सूर्य-चन्द्र आदिका) छोर; (दल, पंखड़ी या पत्तेका) फैला भाग।

limbate a. भिन्न-भिन्न किनारेका।

limbec n. आसवपात्र, भबका।

limbed a. गात्रमय, अंगयुक्त।

limber[1] n. & v.t. गाड़ीका जुआ (डालना), तोप-गाड़ीका अग्रभाग (संयुक्त करना, जोड़ना या मिलाना)।

limber[2] n. (नौवि०) नावका एक जलवाहक छेद।

limber[3] v.t. लचीला बनाना या होना।

limber[4] a. नम्य, लचीला, लचकदार, नरम, फुर्तीला; ~-neck शिथिलग्रीव।

limbic a. तटीय, प्रान्तीय, किनारेवाला, गोटदार।

limbless n. अपंग, निरवयव, अंगहीन (प्रायः ~*bird*)।

limbo n. (pl. -*s*) नरक, नरकके समीपका प्रदेश; कारा, जेल, कैद; उपेक्षावस्था, विस्मृतिकी स्थिति।

limbus n. विभिन्न रंगोंका किनारा या गोट।

lime[1] n. लासा; चूर्ण, चूर्णक, चूना, कलई, चूर्ण-प्रस्तर, चूनेका पत्थर; ~-cast कलईकी ऊपरी परत; ~kiln चूनेकी भट्ठी; slaked ~ बुझा हुआ चूना; ~light अत्यधिक प्रकाश; (ला०) अति प्रसिद्धि, अति ख्याति; quick-~ अनबुझा चूना;
~ blue, ~ green, ~ nitrogen, ~ plaster, ~ requirement, ~-rock babbler, ~ sludge, ~ sulphur, ~water.

lime[2] v.t. फँसाना, लासा लगाना; चूना मिलाना, चूना डालना; जोड़ना, साँटना, चिपकाना।

lime[3] n. निम्बुक, जम्बीर, खट्टा नीबू; ~-juicer ⊙ (नौवि०) ब्रिटिश नाविक (limey ⊙ भी); ब्रिटिश पोत।

lime[4] n. (एक प्रकारका वृक्ष) लाइम।

lime-burner n. चूर्ण-प्रज्वालक, चूना जलानेवाला।

lime-hound n. जंगली सुअरका शिकारी कुत्ता।

limeless a. र्ण-विहीन, बिना चूनेका।

limen n. (मनो०) चेता, प्रणोदना, आवश्यक अल्पतम स्नायविक उत्तेजना।

lime-pit n. चूर्णक-गर्त, चूनेसे चमड़ा पकानेका गड्ढा; चूना पत्थरका चौकोर खड्ड।

Limerick n. निरर्थक कविता।

limestone n. चूर्णप्रस्तर, चूनेका पत्थर;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ desert, ~ pan, ~ rock.

lime-twig n. चूर्णाच्छादित शाखा, लासेवाली टहनी।

lime-wash n. & v. t. चूनेकी पुताई (करना), सफेदी (करना)।

limicolous a. (जीववि०) पंक-वासी, कीचड़में रहनेवाला।

liminal a. देहलीपर, द्वारपर; चेतनाके द्वारपर।

liming n. चूर्णलेपन, चूनेकी पुताई।

limit[1]* n. अवधि, सीमा*, सीमा-बन्ध, परिसीमा, परिबन्ध, पराकाष्ठा, हद्द; चरमसीमा; (pl.) सीमाएँ, संसीमा, सीमारेखा, सीमान्त; प्रतिबन्ध, रोक; inferior ~ निकटतम तारीख; अल्पतम परिमाण या संख्या; superior ~ अन्तिम तारीख; अधिकतम परिमाण या संख्या; *is the* ~ (ग्रा०) असह्य है, अन्तिम उपाय है।

limit[2] v.t. सीमा बाँधना, परिसीमित करना, प्रतिबन्ध या रोक लगाना, रोकना, पाबन्द करना; सीमा होना।

limitable a. सीमाबद्ध।

limitarian n. & a. सीमित-संख्यक-मानवतावादी, लिमिटेरियन।

limitary a. सीमाबद्ध, हद्दका; नियन्त्रित, प्रतिबन्धयुक्त।

limitation n. परिसीमन, सीमा-निर्धारण, हद्दबन्दी; परिमितता, सावधिकता, ससीमता; कुयोग्यता, अयोग्यता; परिसीमा; प्रतिबन्ध, रोक, कैद; प्रतिबन्धक अवस्थिति, प्रतिबन्धक नियम; सीमाकरण-अवधि (जिसके बाद मुकदमा न चलाया जा सके)।

limited a. सीमित, परिसीमित, परिमित, सावधिक, ससीम, परिबद्ध, तंग;
~ application, ~ area, ~ character, ~ company, ~ concern, ~ interest, ~ jurisdiction, ~ liability, ~ market, ~ monarchy, ~ number, ~ option, ~ partnership, ~ period, ~ quota, ~ right, ~ stock, ~ supply, ~ time, ~ universe.

limitedness n. सीमितता, परिसीमितता, परिबद्धता।

limiter n. परिबाधक, परिसीमित करनेवाला, परिबद्ध करनेवाला; एक ईसाई संन्यासी।

limitless a. असीम, अनन्त, अमित, बेहद।

limitour n. एक ईसाई सन्यासी।

limitrophe a. सीमावर्ती, सीमाके समीप।

limmer n. पापिन स्त्री, ढीठ लड़की; निकम्मा घोड़ा, अड़ियल टट्टू; दुष्ट व्यक्ति, नीच आदमी, शैतान।

limn v.t. (प्रा०, चित्र) चित्रित करना, अंकित करना; वर्णन करना, चित्रण करना।

limner n. चित्रकार, चित्ररंजक, चितेरा।

limnetic a. शुद्धजलवासी, मीठे पानीमें रहनेवाला।

limnite n. कपिशिज, भूरा कोयला, लिमनाइट।

limnology n. कासारिकी, कासार-विज्ञान; सरिज्जीवन-शास्त्र, सरोवर-जीव-विज्ञान।

limonite n. कपिशिज, भूरा कोयला, लिमोनाइट।

limous a. पंकिल, कीचड़दार।

limousine n. लिमूसिन, बन्द मोटरकार।

limp[1] n. लँगड़ी चाल।

limp[2] v.t. लँगड़ाकर चलना, लँगड़ाना; (छन्दमें) यतिभंग होना; (क्षतिग्रस्त यान आदिका) मन्द-मन्द चलना, कठिनाईसे चलाना।

limp[3] a. (जिल्दबन्दी) अकठोर, नम्य, लचीला, कोमल, ढीला, नरम; नरम जिल्दवाला; (ला०) शिथिल, अशक्त, निर्बल।

limper n. पंगु, लँगड़ा, लँगड़ाकर चलनेवाला।

limpet n. अश्मलागी, (चट्टानोंसे चिपकनेवाला) घोंघा; अपने स्थान या पदसे चिपका रहनेवाला व्यक्ति।

limpid a. निर्मल, विमल, शुभ्र, स्वच्छ, स्पष्ट, साफ।

limpidity, limpidness nn. निर्मलता, विमलता, शुभ्रता, स्वच्छता, स्पष्टता, सफाई।

limping १. n. लंगता, पंगुता, लँगड़ापन; २. a. लँगड़ा।

limpness n. अशक्तता, लचीलापन; लँगता, लँगड़ापन।

limy a. चूर्णमय, चूर्णवत्, चूनेका-सा, चूनेदार; चूर्णोपम, सान्द्र, चिपचिपा, लसलसा।

lin n. अतसी, अलसी; जलाशय, प्रपात-सरोवर, झरनेसे बना हुआ सरोवर; = LINN.

linage n. (मुद्रित-सामग्रीकी) पंक्ति संख्या; पंक्ति-संख्यानुसार पारिश्रमिक।

linament n. घावपर बाँधनेकी पट्टी।

linarite n. सीसे और ताँबेका सल्फेट।

linch n. = LINCHET.

linchet n. अकृष्ट भूमि, गैर-जोती जमीन, परती।

linchpin n. अक्षकील, धुरेकी कील।

Lincoln green n. अवहर्यतिपीत, लिंकन ग्रीन।

lincrusta n. एक वस्त्र-विशेष।

lincture n. अवलेह, लेह, चाटा।

linctus n. अवलेह, चाटा।

linden n. वासच्छाय, लिंडन, (नींबू-जातिका वृक्ष-विशेष)।

line[1] n. सनका बढ़िया लम्बा धागा।

line[2]* n. लाइन*; शृंखला, पंक्ति*, कतार ⊙; माला, श्रेणी, सिलसिला; दिशा, ओर; सूत्र, डोर, धागा, रस्सी; (pl.) अदृष्ट, भाग्य, नियति, दैव; नियम, विधान, सिद्धान्त; रेखा*, लीक*, लकीर; रेखांकन, रेखाकरण; रंगकी धारी; सीवन; छोटी नाली; मत्स्यरज्जु (~-*fishing*); झुर्री; (गणित) गतिशील-बिन्दु-पथ; रूपरेखा, रूप, सूरत-शक्ल, खाका; (pl.) मानचित्र, ड्राफ्ट; सीमा, हद्द, मेंड़, सरहद्द (*dividing* ~); छोटा वर्ण या अक्षर; (छन्द) चरण; (pl.) वाक्यांश; वंशानुक्रम, वंश-परम्परा, पीढ़ी; वंश, घराना, खानदान, नस्ल; पथ, रेल-पथ, पटरी, सड़क (*up, down* ~); (शिकार) सवारीका मार्ग; कार्य-पद्धति; विचार-पद्धति ⊙; पद्धति, परिपाटी, परम्परा (*on these* ~*s*); आचरण-पद्धति; कार्यक्षेत्र, व्यवसाय-क्षेत्र; प्राकार, परिखा, प्राचीर; hard ~s संकट, कठिनाई; दुर्भाग्य, अभाग्य; ~ abreast पोतोंकी समानान्तर पंक्ति; ~ ahead एक शृंखला या पंक्तिके अनुगामी पोत; ~-engraving रेखा-उत्कीर्णन, रेखा खोदनेका

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

कार्य;~ of beauty वक्र रेखा; ~ of life, fortune, etc. (सामु० शा०) जीवन-रेखा, भाग्य-रेखा इत्यादि; ~ storm ⊙ अयनीय झंझा, अयनीय तूफान; ~man (टेलीफोन आदिका) लाइनमैन; the L~ विषुवत् रेखा; *all along the* ~ (प्रायः ला०, साफल्य आदिके विषयमें) प्रत्येक बिन्दुपर; *come, bring, into* ~ अनुकूल होना या करना; सहयोगार्थ प्रेरित करना; *draw the* ~ सीमा निर्धारित करना; *in* one's ~ अपने धन्धेसे संलग्न; ~ *upon* ~ क्रमशः, धीरे-धीरे; *on the* ~ सम्मुख; अनिश्चित, दुलमुल; *read between ~s* गूढ़ार्थ समझना; *take, keep to*, one's *own* ~ (प्रायः ला०) अपने स्वतन्त्र ढंगपर रहना; *toe the* ~ (ला०, राजनीति) नीति अंगीकार करना, सिद्धान्त स्वीकार करना;

~ absorption spectrum, ~ badges, ~ block, ~ breeding, ~ clear, ~ close, ~ flow, ~ focus, ~ integral, ~ planting, ~ screen, ~ sowing, ~ space lever, ~ spectrum, ~ terrace, ~ work.

line[3] v.t. & i. पंक्ति खींचना, रेखा खींचना, लकीर खींचना, सतरें बनाना; रेखामय होना, झुर्री डालना; झुर्रियोंसे भर जाना (*a face ~d with old age*); रेखाचित्र बनाना, चयन करना, चुनना, भर देना; (सैन्य०) पंक्तिबद्ध करना, कतारमें खड़ा करना; पंक्तिबद्ध होना, पंक्तियोंमें फैलना; ~ *for* ⊙ (किसी वस्तुके लिए) दौड़ना; ~ *through* काट देना, काटा लगाना; ~ *up* ⊙ पंक्ति बनाना, कतारमें खड़े होना; ~ *with* समनुकूल होना।

line[4] v.t. अस्तर लगाना, अस्तरका काम देना; ढकना, (पर्स, पाकेट, पेट आदि) भरना।

lineage, linage nn. पंक्तिबन्धन, पंक्तिकरण; पंक्ति-द्वारा माप, पंक्तिके अनुसार भुगतान; सन्तति, सन्तान, अन्वय, वंश, वंशपरम्परा, कुल, गोत्र, घराना, नस्ल।

lineal a. पैतृक, वंशज, वंशानुक्रमिक, परम्परीण, परम्पराप्राप्त, कुलक्रमागत (~ *descent*); (क्वचित्) रूप-मय; रेखामय, रेखाका; डोरे-जैसा, धागेका।

lineality n. अन्वयत्व, कौलीन्य, कुलीनता; उद्रेखितत्व, रेखांकितत्व।

lineament n. (usu. pl.) रेखा, वदनाकृति, विशिष्ट आकृति(याँ) या विशेषता(एँ), चेहरा-मोहरा।

linear a. रैखिक, रेखीय, अनुरेख, रेखावत्, रेखाबद्ध, रेखामित (~ *arch*), पंक्तिमय; एकघातं (~ *hypothesis*); लम्बा, तंग और समान चौड़ाईका।

linearity n. उद्रेखण, रेखांकन, रेखाओंसे बनाना।

lineate a. उद्रेखित, रेखांकित, रेखा-निर्मित।

lineation n. रेखांकन, रेखा-व्यवस्था, रूप, नक्शा।

lined[1] a. अन्तःस्तरित; पक्का (~ *well*)।

lined[2] a. उद्रेखित, रेखांकित, पंक्तिबद्ध; ~ up ⊙ पंक्तिबद्ध।

linen[2]* n. क्षुमा, क्षौम, क्षौम-वस्त्र, छालटी, लिनन*का कपड़ा; (pl.) इसका विशेष प्रकार; कमीजें, चादरें इत्या०; ~-draper क्षुमाविक्रेता, लिनेनका फुटकर विक्रेता; *wash* one's *dirty* ~ *at home* घरकी बातें घरमें ही रखना;

~ tape, ~ store, ~ store-room.

linenette n. नकली लिनन।

liner n. (प्रायः पैसेंजर जहाजोंकी लाइनका) पंक्तियान, लाइनर; आस्तर, आन्तरखण्ड, अस्तर; पंक्तिक, रेखाकार।

linesman n. युद्धरत-सैनिक; (गेंदके सीमा-पारणके विषयमें) निर्णय देनेवाला व्यक्ति; = LINEman.

ling[1] n. (उत्तरी यूरोपकी लम्बी पतली मछली), लिंग।

ling[2] n. क्षेप्यज, झलूसी, एक प्रकारकी छोटी झाड़ी।

lingel n. (मोचीका) मोमी डोरा।

linger v. i. & t. विलम्ब करना, देर लगाना, ढील करना; ठहरना, रुक जाना; संकल्प-विकल्प करना, विचारकर बात-चीत करना; (जैसे-तैसे) घसीटना, चलना या निभाना, (पीड़ा या बीमारी) बढ़ना, फैलना।

lingerer n. चिरकारी, विलम्बी, विलम्बकारी, दीर्घसूत्री, विलम्बशील।

lingerie n. शण-वसन, सनके बने कपड़े; (स्त्रियोंका) अधोवस्त्र, अण्डरवेयर।

lingering १. n. विलम्ब, काल-यापन; २. a. विलम्बी, विलम्बित, विलम्बगति, विलम्बमान (~ *disease*), दीर्घकालिक, चिरकालीन।

linget n. धातु पिण्ड, लोहपिण्ड, डला।

lingo n. (pl. ~*es*) (व्यंग्य) परभाषा, विदेशी भाषा; विषय विशेष-शब्दावली, वर्ग-विशेष-शब्दावली, वर्गभाषा।

lingua franca n. सामान्य भाषा, देश-भाषा; (विशे० इटैलियन, फ्रेंच, ग्रीक और स्पेनिशका) भाषा-मिश्रण।

lingual a. & n. (श० र० शा०) जिह्वा-, जिह्वा-सम्बन्धी; मूर्धन्य, मूर्धस्थानीय (ध्वनि); भाषण या भाषा-सम्बन्धी।

lingualize v.t. मूर्धस्थानीय उच्चारण करना या बनाना।

linguiform a. (वन०, श० र० शा०, जन्तुवि०) जिह्वाकार, जिह्वारूप, जिह्वाके आकारका।

linguist n. भाषाविज्ञ, शब्दशास्त्री, भाषाशास्त्री, भाषा-वैज्ञानिक; बहुभाषाविद्।

linguistic a. भाषात्मक, भाषा-सम्बन्धी, भाषा-विषयक; बहु-भाषा-अध्ययन-सम्बन्धी; ~ science भाषाविज्ञान।

linguistics n. भाषा-विज्ञान।

lingula n. एक जिह्वाकार जीव, चिपिटजिह्व।

linguo-dental a. जिह्वादन्त्य (ध्वनि)।

linhay n. ओसार, ओसारा, बारहदरी।

liniment n. मृद्य, द्रव, प्रलेप, अभ्यंजन, तिला (मालिशकी दवा)।

lininess n. रेखामयता; रेखाधिक्य; वलिमयता; झुर्री-दारी।

lining १. n. आस्तर, अस्तर; दे० LINE[4], पंक्तिबन्धन।

link[1] n. शृंखला, संयोग, कड़ी; (मोजे आदिकी) संधि, बन्धपाश, फंदा, बुनाईका टाँका; संयोजक भाग,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

संयोजक व्यक्ति, संयोजक वस्तु; अन्तरालको भरनेवाला; (माला, क्रमे या अनुक्रमका) अंग; सम्बन्ध; ~ boy मशाल-वाहक लड़का, मसालची ।

link[2] v.t. & i. शृंखलाबद्ध करना, श्रेणीबद्ध करना, शृंखलांकन करना, ग्रथित करना, संयुक्त करना, जोड़ना, मिलाना; हाथमें हाथ दबाना; हाथमें हाथ देना; सम्बद्ध होना (~ *in* or *through*) ।

link[3] n. उल्का, (सन इत्यादिकी) मशाल; ~man मशालची ।

linkage n. शृंखलता; सहवर्तिता, सहानुबन्ध, ग्रथ, ग्रथन; (विद्युत्) स्यन्दवर्तनांक ।

linked a. ग्रथित, संश्लिष्ट, संयुक्त, सम्बद्ध, सम्बन्धित ।

linking n. शृंखलीकरण, जोड़ना, जुड़ाई ।

links n. (pl.) बेला-भूमि, सागरतटीय भूमि; गॉफका मैदान; कफके जुड़वाँ बटन ।

linn n. (मुख्यतया स्कॉट०) निर्झर, झरना; निर्झरताल; गहरी घाटी; (पहाड़ीकी) खड़ी दीवार ।

Linn(a)ean a. & n. पौधों और प्राणियोंके वर्गीकरणकी पद्धति (का अनुयायी) ।

linnet n. चटक, (सामान्य धूसर-वर्ण गायक पक्षी-विशेष), लिनट ।

lino n. = LINOLEUM.

linocut n. आतस्य-चित्रण, डिजाइन बनाना; (ऐसे) साँचेसे बने चित्र, लाइनोकट ।

linoleum n. (सं० *lino* भी) आतस्य, किरमिचका बिछानेका कपड़ा ।

linoleumed a. आतस्ययुक्त, जिसपर किरमिच-वस्त्र बिछा हो ।

linotype n. पंक्तिमुद्र, लिनोटाइप ।

linseed n. उमा, अतसी, अलसी; अलसीका बीज; ~ cake खली;
~ fabric, ~ flax, ~-gram, ~ meal, ~ oil, ~ poultice, ~ seed.

linsey n. = LINSEY-WOOLSEY.

linsey-woolsey १. n. मोटे ऊन और सूतका मिश्रित कपड़ा; २. a. निस्सार, थोथा; मिलाजुला, गंगाजमनी ।

linstock n. (इति०) ज्वलनशलाका, ज्वाला, ज्वाला-वाही दण्ड, मशाल, तोपका पलीता ।

lint n. तूलिपट, लिननकी नरम पट्टी;
~ bells, ~ ~ bow, ~ cloth.

lintel n. द्वाराग्रकाष्ठ, द्वारोर्ध्वदारु, उत्तरंग, सरदल, लिंटल; मसूरक, मसूर, दाल ।

lintelled a. द्वाराग्र प्रकाष्ठयुक्त, उत्तरंगित, सरदल-वाला ।

linters n. pl. बिनौलोंपरके छोटे रेशे ।

linum n. अतसी ।

liny a. रेखामय, रेखाधिक, वलिमय, झुर्रीदार ।

lion n. सिंह, केसरी, शेर बबर; नरव्याघ्र, नरशार्दूल, पुरुष-सिंह, दुर्दान्त पुरुष, अति पराक्रमी व्यक्ति; (pl.) नगरके दर्शनीय स्थल (*see, show, the* ~*s*); महान् साहित्यकार, प्रसिद्ध पुरुष; सिंहराशि; अवरक्तपीत; ~-heart ~-hearted, शूरवीर, बहादुर, शेरदिल; ~-hunter शेरका शिकारी; ~'s mouth शेरका मुँह, भय-स्थान, संकट-स्थान; ~'s provider गीदड़, स्यार; ~'s share सबसे बड़ा हिस्सा; ~'s skin झूठा रौब; *twist* ~*'s tail* बड़े आदमीको छेड़ना ।

lionesque a. शार्दूलवत्, सिंह-सदृश, शेर-जैसा ।

lioness n. सिंही, सिंहिनी, शेरनी ।

lionet n. सिंहशावक, सिंहशिशु, शेरका बच्चा ।

lionism n. सुप्रसिद्ध जनोंको निमन्त्रित करनेकी धुन ।

lion-like a. सिंह समान ।

lionize v.t. & i. (आगन्तुकोंको) नगरके दर्शनीय स्थान दिखाना; दृश्य देखना; (गौरव-प्रदर्शनार्थ ख्यात-जनोंको) निमन्त्रित करना; भद्र व्यवहार करना ।

lip[1]* n. अधर, ओष्ठ, होठ*; चंचु, चोंच, टोंट; धृष्टता, अशिष्टता, बेअदबी; (बर्तन, छिद्र, घाव आदिका) किनारा; (गुण०) अधर-निःसृत, उच्चारित, जबानी; अहार्दिक; अवास्तविक; ~-deep अवास्तविक; ~ language (गूँगे-बहरोंकी) ओष्ठ-भाषा; ~-reading ओष्ठशब्दज्ञान; ~ service दिखावटी सेवा; झूठा, दिखावेका, ऊपरी, छिछला; ~stick रंजनशलाका, लिपस्टिक; ~ worship झूठी पूजा; *hang on* one's ~*s* किसीके एक-एक शब्दको सादर सुनना ।

lip[2] v.t. ओठोंसे छूना, होंठोंसे लगाना, चुम्बा लेना, चूमना, प्यार करना; (जलका) तटस्पर्श करना, किनारेको छूना; (गेंदका) किनारेपर मारना, किनारेतक पहुँचना, अन्दर न प्रविष्ट होना; मन्द-मन्द बोलना, घुस-फिस करना, मुन-मुनाना; बुदबुदाना ।

lipless a. ओष्ठहीन, अधरविहीन; चंचुहीन, चोंचरहित ।

liplet n. ओष्ठवत् क्षुद्र भाग ।

lipogram n. लेखनविधि-विशेष (जिसमें किसी निश्चित वर्णका प्रयोग नहीं किया जाता) ।

lipography n. अक्षरलोप, वर्णलोप ।

lipoid a. विमेदाभ, स्नेहाभ, लिपाइड ।

lipoma n. ग्रन्थि, गाँठ, गिल्टी ।

lipped a. ओष्ठयुक्त, अधरमय; चंचुमय, चोंचयुक्त ।

lipper n. (नौवि०; सागरके तलका) तरंगायन, तरंगायित होना, लहरियापन, उछाल ।

lippitude n. नेत्र-व्याधि, चुन्धापन, आँख दुखना, आँख उठना, आँख आना ।

lippy[1] n. तीन पावका माप ।

lippy[2] a. लटकते हुए होंठोंवाला ।

liquate v.t. द्रवित करना, पिघलाना, गलाना ।

liquation n. द्रावविवेचन, द्रवीकरण, गलावट, पिघलाकर अलग करना ।

liquefacient a. & n. तरलक, द्रावक, पिघलानेवाला ।

liquefaction n. द्रवण, द्रवीकरण; तरलन, विलयन, गलनेका कार्य, पिघलाहट ।

liquefactive a. द्रवशील, पिघलाने योग्य, गलाने योग्य ।

liquefiable a. दे० LIQUEFACTIVE.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

liquefied a. तरलित, द्रावित, पिघलाया हुआ।
liquefier n. द्रावक यन्त्र, पिघलानेवाला यन्त्र।
liquefy v.t. & i. तरलन करना, तरल बनाना, द्रव बनाना, द्रव होना, पिघलाना, पिघलना, गलाना, गलना।
liquescence n. द्रवणीयता, पिघलनेका गुण।
liquescent a. द्रवणशील, पिघलता हुआ, पिघलनेवाला।
liqueur n. मधिरा, मीठी तेज शराब; (मदिरामें पड़नेवाला) अलकोहलका सीरा;
~ brandy, ~-glass, ~-stand.
liquid* १. n. द्रव*, रस, जल, द्रवपदार्थ; र, ल वर्ण; २. a. तरल*, जलीय, जलमय, पनिहा; द्रवरूप, पानीसा, पतला, जलसदृश; पारदर्शी, पारभासी, चमकीला (~ *lustre, sky*); (उच्चारण या ध्वनि) सुस्पष्ट, प्रवाहपूर्ण, प्रवाही, बहता हुआ; सामंजस्यपूर्ण; अकण्ठ्य, स्वरवर्णवत्; अस्थिर, अस्थायी (*has very ~ principles*); (रोक, सम्पत्ति, प्रतिभू आदि) जो सुगमतया परिवर्तनीय न हो।
liquidate v.t. & i. ऋण-शोधन करना, कर्ज चुकाना, भरपाई करना, चुकता करना, हिसाब साफ करना; समापन करना, परिसमापन करना, छुटकारा पाना; (कम्पनी, फर्म) अवसायन करना, निस्तारण करना, भुगताना, बन्द करना; ऋण-निर्धारण करना, हानि-निर्धारण करना, अदा करना, चुकाना।
liquidated a. निर्धारित, अवसायित, मुक्त।
liquidation n. अवसायन, परिशोधन, अपाकरण, समापन, भुगतान, चुकौता; कारोबार बन्द करनेका कार्य; ऋण-निर्धारण, हानि-निर्धारण; *go into* ~ दिवालिया होना, दीवाला बोलना।
liquidator n. अवसायक, परिसमापक, ऋण-व्यवस्थापक, ऋण-शोधनार्थ नियुक्त प्रबन्धक।
liquidity, liquidness nn. तारल्य, तरलता, द्रवत्व, रसत्व, द्रवभाव, प्रवाहमयता, पतलापन।
liquidize v.t. तरलित करना, द्रव बना देना, पिघलाना, गलाना।
liquor[1] n. उदासर्गका तरल भाग, शल्य-क्रिया द्वारा निःसृत द्रव पदार्थ; सुरा, मद्य, मदिरा, आसव, शराब ⊙; (जिसमें खाना पकाया गया हो वह) पानी, अर्क; (औषध) रस; विलयन, तरली, घोल; *worse for* ~ मत्त, धुत्त;
~-licensee, ~ seller, ~ shop, ~-testing instrument.
liquor[2] v.t. & i. सुरा पीना, पान करना; (जूतेको) चर्बीसे चिकनाना, उसमें तेल देना; (माल्ट आदि) पानीमें भिगोना।
liquorice, licorice nn. मधुयष्टि, मुलेठी, जेठी मधु; मुलेठीका पौधा।
liquorish a. सुरा-प्रेमी, मदिरा-प्रिय, पियक्कड़।
liquorishness n. सुराप्रियता।
lira n. (इटलीके सिक्केकी इकाई) लीरा = ९ आने।
liripoop n. स्नातकों और याजकोंका परिधान; विद्वत्ता, पाण्डित्य; कौशल।
Lisbon n. लिस्बनी मदिरा, पुर्तगाली शराब।
lisle a. दीर्घतन्तु, लम्बी ताँतवाला; घना बटा हुआ; ~ thread बढ़िया दृढ़ बटा हुआ डोरा।
lisp[1] n. तुतलाहट; (लहरोंकी) छलछलाहट; (पत्तोंका) मर्मर, सरसराहट।
lisp[2] v.i. & t. तुतलाना।
lisper n. तुतुलानेवाला, तुतुरहा।
lissom(e) a. नम्य, आनम्य; लचीला, लोचदार, नरम; स्फूर्तिशील, फुर्तीला।
lissom(e)ness n. नम्यता, आनम्यता, लचीलापन, नरमी; स्फूर्ति, फुरती।
lissotrichous a. मृदुरोममय, कोमल केशयुक्त, नरम बालोंवाला।
list[1]* n. क्रम, अनुक्रम, पंक्ति; सूचीपत्र, सूची*, लिस्ट; छोर, कोर, किनारा; कत्री, किनारी, कपड़ेकी पट्टियाँ; (नेजाबाजीके) अखाड़ेका घेरा या कटघरा; (ला०) दंगल, अखाड़ा; concurrent ~ समवर्ती सूची; *enter the ~s* अखाड़ेमें आकर लड़ना, सामना करना।
list[2] v.t. & i. किनारी लगाना, किनारोंपर पट्टियाँ बाँधना; सूची बनाना, सूचीमें अंकित करना, फेहरिस्तमें दर्ज करना; सेनामें भरती करना या होना, रँगरूट बनाना या होना, नाम लिखना या लिखाना।
list[3] n. & v. i. नति (होना), (जहाजमें) झुकाव (हो जाना); झुक जाना।
list[4] v.t. इच्छा करना, चाहना, पसन्द करना।
list[5] v. i. & t. (प्रा०) ध्यानपूर्वक सुनना, कान देना।
listed a. सूचीबद्ध, अधिसूचित।
listel n. क्षुद्र रज्जु, छोटी रस्सी।
listen v. i. & t. ध्यानसे सुनना, कान लगाकर सुनना; अनुरोध मानना, बहकावेमें आना; ~ *in* दूरभाषी-सन्देशमें टिक-टिक करना।
listener n. श्रोता, सुननेवाला।
listening-post n. (शत्रुओंकी वार्ता सुननेके लिए) सन्तरीका स्थान।
lister n. सूचीकर्त्ता; एक अमरीकी हल।
listerine n. शोधक औषधि, लिस्टरीन।
Listerism n. (शल्य-चिकित्सामें) लीस्टर-पद्धति।
listing n. कत्री, गोट, कोरका कपड़ा; उत्कूट, कोर, किनारा; सूचीकरण, सूची बनाना।
listless a. प्रमादी, अनवहित, असावधान, उदासीन, अनाकृष्ट, जड़, निःस्पृह, निरीह, निरुत्सुक, अनुद्योगशील, निरुद्योग, बेखबर।
listlessness n. अनवधान, असावधानी, उदासीनता, अनाकर्षण, अस्पृहा, अनिच्छा, अनीहा, निरौत्सुक्य, अनुद्योगशीलता, उद्योगहीनता, जड़ता, मान्द्य।
lit दे० LIGHT[3]; ~ *up* (प्रा०) मदमत्त, नशेमें धुत्त।
litany n. कीर्त्तन, (श्रोताओंद्वारा पुनरावृत्त गिरजोंके) प्रार्थना-गीत; L~ बाइबिलमें सम्मिलित भजन।
litas n. प्राचीन लिथुआनियाका सिक्का = ५ आना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

litchi n. लीची, (एक चीनी फल) ।
liter ⊙ = LITRE.
literacy n. साक्षरता, अक्षरज्ञान, लेखज्ञान ।
literal a. & n. वर्णात्मक, शाब्दिक, आक्षरिक, अक्षरबद्ध, अक्षरशः, वर्णगत; शब्दशः, यथाशब्द, मूलार्थक, मूल, मुख्य, शब्दार्थानुसारी; अभिधेय, प्रकृत, अरूपक, अलंकारवर्जित; नीरस, शुष्क, तथ्यवादी, अरोचक; अनतिशय्य, अत्युक्तिरहित, अतिरंजनशून्य (~ *decimation*) ।
literalism n. शब्दानुसारिता, वाच्यार्थशीलता, मूलानुसारिता; शब्दार्थवाद, वाच्यार्थवाद, अभिधेयार्थवाद, प्रकृतार्थवाद; शब्दका प्रतिशब्द ।
literalist n. मूलवादी, शब्दवादी, वाच्यार्थवादी ।
literality n. मूलार्थ, मुख्यार्थ, प्रकृतार्थ, शब्दार्थ, वाच्यार्थ, अभिधा; = LITERALNESS.
literalize v.t. वाच्यार्थ ग्रहण करना, शब्दशः अर्थ लेना, शाब्दिक बनाना ।
literally adv. अक्षरशः, शब्दशः, शब्दतः, यथाशब्द ।
literalness n. शाब्दिकता, आक्षरिकता; नीरसता, शुष्कता ।
literariness n. साहित्यिकता, शास्त्रीयता, ग्रान्थिकता ।
literary a. साहित्यिक, साहित्य-विषयक; (शब्द या मुहाविरा) लेखकों द्वारा प्रयुक्त, शास्त्रीय; ~ *property* रचनाका सर्वाधिकार; ~ *work* साहित्यिक रचना ।
literate a. & n. साक्षर, पढ़ा-लिखा; विद्यावान्, साहित्यिक, साहित्यानुरागी; (विश्वविद्यालयीय उपाधिके बिना) पादरी बननेवाला व्यक्ति ।
literati n. pl. पण्डितवर्ग, विद्वज्जन, विद्वान् पुरुष, शिक्षित व्यक्ति ।
literatim adv. शब्दशः, शब्द-क्रमसे ।
literator n. साहित्यकार, साहित्यवेत्ता, विद्वान् ।
literature n. वाङ्मय, साहित्य; (प्रा०) साहित्यिक संस्कृति; साहित्यिक रचना (*engaged in* ~); साहित्यिक व्यवसाय (~ *was represented by*); साहित्य-क्षेत्र; विषय-विशेषकी पुस्तकें; (बोल०) मुद्रित वस्तु, छपी हुई सामग्री ।
lith n. सन्धि, जोड़; अंग, विभाग; फाँक ।
litharage n. रजत-फेन, मुर्दारसंग, मुर्दासंग ।
lithate n. आम्लिक-लवण, तेजाबी नमक, लिथेट ।
lithe a. नम्य, आनम्य, मृदु, कोमल, लचीला, मुलायम, नरम ।
litheness n. नम्यता, आनम्यता, कोमलता, लोच ।
lither a. नम्य, लचीला, फुर्तीला; (प्रा०) बुरा, आलसी ।
lithesome a. दे० LITHE.
lithiasis n. अश्मरी, पथरीका रोग ।
lithic a. लैथिक लिथियमका; पथरीवाला ।
lithium n. लघ्वातु, लिथियम (धातुक तत्त्वविशेष); ~ bromide, ~ carbonate, ~ chloride, ~ hydrogen tartrate, ~ phosphate, ~ sulphate.
lithochromatics n. प्रस्तर-वर्णमुद्रण; शिलावर्णमुद्रण ।
lithoclast n. (गुर्देकी) पथरीको तोड़नेवाली मशीन ।
lithodomous a. गुहावासी, कन्दरा-निवासी ।
lithofracteur n. प्रस्तर-विस्फोटक ।
lithograph[1] n. शिलामुद्र, शिलामुद्रक, पत्थरका छापा; शिलामुद्रण, पत्थरपर लिखकर छपाईका कार्य ।
lithograph[2] v.t. शिलामुद्रण करना, पत्थरपर लिखकर छपाई करना; शिलोत्कीर्ण करना, पत्थरपर लिखना ।
lithographed a. शिलामुद्रित, पत्थरसे छपा ।
lithographer n. शिलामुद्रक, शिलालेखक, शिलोद्रेखक, प्रस्तरोत्कीर्णक, पत्थरपर (या पत्थरसे) छापनेवाला ।
lithographic a. शिलामुद्रणीय, शिलामुद्रण-सम्बन्धी, लिथोग्राफी-विषयक ।
lithography n. शिलालेखन-विद्या, शिलामुद्रण, पत्थरकी छपाई; शिलोद्रेखन, प्रस्तरोत्कीर्णन, लिथोग्राफी ।
lithoid a. प्रस्तरवत्, पाषाण-सदृश, पत्थरके समान ।
lithoidal a. = LITHOID.
lithological a. शैलिकीय, शैल-विज्ञान-विषयक, अश्मरी-विज्ञान-सम्बन्धी, प्रस्तर-विज्ञान-सम्बन्धी ।
lithologist n. शैलिक, पाषाण-ज्ञानी, पत्थरोंका जानकार ।
lithology n. शैलिकी, शैलशास्त्र, प्रस्तर-विज्ञान, चट्टानोंकी विद्या ।
litholysis n. अश्मरी-खण्डन, पथरी-घोलन ।
lithomancy n. (पत्थरोंसे) प्रस्तर-ज्यौतिष, भविष्यदर्शन, भविष्यका पता लगाना ।
lithomarge n. गुँधी हुई चीनी मिट्टी ।
lithontriptor n. = LITHOTRIPTOR.
lithophagous a. प्रस्तर-छेदक, पत्थरमें छेद करनेवाला; प्रस्तरभक्षी (जैसे शुतरमुर्ग) ।
lithophyll n. प्रस्तरित दल ।
lithophyte n. (जन्तु०) पुवेंगक; (वन०) शैलोद्भिद्, पत्थरपर उगनेवाला पौधा; प्रवाल, मूँगा ।
lithopone n. (एक श्वेत रासायनिक द्रव्य), लिथोपोन ।
litho-printing n. शिलामुद्रण ।
lithosphere n. स्थलमण्डल, स्तरमण्डल, भूपर्पटी ।
lithotome n. अश्मरी-भेदक यन्त्र, लिथोटोम ।
lithotomic, -al aa. अश्मरी शल्यकर्म-सम्बन्धी, अश्मरी-छेदन-सम्बन्धी ।
lithotomist n. अश्मरी-शल्य-चिकित्सक, अश्मरी-छेदक, पथरी निकालनेवाला डाक्टर ।
lithotomize v.t. अश्मरी-शल्य-क्रिया करना, पथरी काटकर निकालना ।
lithotomous a. अश्मरी-भेदक, पथरी-छेदक ।
lithotomy n. मूत्राश्मोच्छेद, अश्मरी-छेदन, (अश्मरी या पथरी निकालनेके लिए) मूत्राशयकी शल्य-क्रिया ।
lithotripsy n. = LITHOTRITY.
lithotriptor n. पथरी-भेदक यन्त्र, लिथोट्रिप्टर ।
lithotrite, lithotritor n. = LITHOTRIPTOR.
lithotrity n. अश्मरी (पथरीकी) शल्य-चिकित्सा ।
lithy a. नम्य, लचीला; मृदु, कोमल, नरम ।
litigable a. वादीय, विवादास्पद, मुकदमा लड़ने

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

योग्य ।

litigant a. विवादी, वादी, विवादार्थी, वादविग्रही, मुकदमा लड़नेवाला, झगड़ालू, मुकदमेबाज ।

litigate v. i. & t. वाद करना, मुकदमा लड़ना, वाद चलाना, दावा करना, नालिश करना, अदालत करना; (कानूनी पहलूपर) विवाद करना, बहस करना ।

litigated a. वादानुगत, अदालती ।

litigation n. विवाद, वाद, झगड़ा, दावा, वादिता, मुकदमेबाजी; विवादुकता ।

litigious a. वादशील, वाद-व्यसनी, वादग्रस्य, विवाद-प्रिय, विवादार्थी, मुकदमेबाज; विवाद-सम्बन्धी, मुकदमा-सम्बन्धी; झगड़ालू, लड़ाका, बखेड़िया ।

litigiousness, litigiosity nn. वादशीलता, वादव्यसन, वादग्रस्यता, विवाद-प्रियता, विवादुकता, मुकदमेबाजीका चस्का; झगड़ालूपन, लड़ाकापन, बखेड़ियापन ।

litmus n. शेवल, (एक प्रकारकी नीलवर्ण काई सदृश वनस्पति), लिटमस; रंजक पदार्थ-विशेष; ~-paper शेवल-पत्र, लिटमससे बना कागज ।

litotes n. वक्रोक्ति, मृदु व्यंग्य, कोमल व्यंग ।

litre n. (मीटर-पद्धतिमें धारिताकी इकाई), लीटर ।

litter[1] n. आस्तरण; शिविका, गद्देदार सवारी, डोली, पालकी, नालकी, लिटर; (बीमारों-घायलों आदिके लिए) गद्देदार ढाँचा या डोली; (पशुओंकी) तृणशैय्या; (छितराया हुआ) कूड़ा-करकट, घास-फूस, गोबर और खरपात; उत्साहहीनता; अस्तव्यतता, अव्यवस्था, गड़बड़; (जानवरोंका) शावक-समूह, एक बारमें उत्पन्न बच्चे, झोल ।

litter[2] v.t. & i. बिचाली डालना, (घास) बिछाना; (अस्तबलमें) तृण बिछाना; अव्यवस्थित रूपसे फैला देना, बेठाँव ढेर कर देना; फैला हुआ होना; बच्चे देना, बियाना ।

litterateur n. साहित्यिक, साहित्यिक व्यक्ति ।

littery a. अव्यवस्थित, कूड़े-करकटसे भरा-पूरा ।

little[1] n. सूनु, सुत, शिशु, बच्चा (जैसे, *the ~ ones*)।

little[2]* a. (*less, lesser, least*) लघु, क्षुद्र, छोटा, नन्हा; अविशाल, अबृहत्, स्वल्प, अल्प, थोड़ा, कुछ, कम; अल्पकालिक; वामन, नाटा; कोमलतापूर्ण, शिशुवत्, बच्चे-जैसा (*we know his ~ ways*); आश्रय-प्रार्थी; आनन्दमय; सामान्य, नगण्य, महत्त्वहीन, उपेक्षणीय; मित, सीमित, परिमित, अनधिक (*~ ease*); कुछ नहीं (*he ~ knows*); ~-go कैम्ब्रिजमें बी० ए० की प्रारम्भिक परीक्षा; ~ Mary (बोल०) उदर, पेट; ~ people अप्सराएँ, परियाँ; *a ~* अंशतः, यथा-तथा, किसी कदर; *by ~ & ~* अंशतः, आंशिक रूपसे, शनैः-शनैः ।

littleness n. क्षुद्रता, लघुता, अल्पता, छोटाई, कमी, छोटापन; दीनता, दैन्य, तुच्छता, स्वार्थ; संक्षिप्तता; सामान्यता ।

littleworth a. व्यर्थ, बेकार, निकम्मा ।

littoral[1] n. वेलाभू, वेलाभूमि, वेला-प्रदेश, तट, तीर ।

littoral[2] a. वेला-, वेलीय, वेला-जीवी, समुद्र-तटीय, तीरस्थ, तटका ।

liturgic a. = LITURGICAL.

liturgical a. कर्मकाण्डी, (ईसाई) पूजन-विधि-सम्बन्धी; (एथेंसके धनाढ्यों द्वारा) निःशुल्क देश-सेवा-सम्बन्धी ।

liturgics n. कर्मकाण्डशास्त्र, कर्मकाण्ड-विषय ।

liturgiology n. कर्मकाण्डशास्त्र, धर्मशास्त्र ।

liturgist n. कर्मकाण्डशास्त्री, कर्मकाण्डवादी, पादरी ।

liturgy n. (पूर्वीय गिर्जेका) प्रार्थना-स्थान; भक्तिमार्ग, सार्वजनिक पूजन-विधि; सामान्य प्रार्थना-पुस्तक (द बुक ऑव कॉमन प्रेयर); (ग्रीक पुराण, एथेंसके धनाढ्यों द्वारा) निःशुल्क देश-सेवा ।

livable a. (घर, जलवायु इत्यादि) आवास्य, निवास्य, बसने योग्य; (जीवन) जीने या बिताने योग्य; निर्वाह्य, जिसके साथ निर्वाह हो सके ।

livableness n. आवास्यता, वसनीयता ।

live[1] v. i. & t. सप्राण होना, जीवित होना, जीना, जान रखना; निर्वाह करना, जीवन-यापन करना, बसर करना (जैसे, *~ on fruit*); (जीवन-निर्वाहके लिए) अवलम्बित होना, टिकना (जैसे, *~s upon his wife*); (ला०) मर्यादा या कीर्तिकी रक्षा करना (*~s on his name*); सन्तवत् आचरण करना, ईमानदारीका व्यवहार करना (*~ honestly*); प्रकृति रखना, स्वभाव रखना, आदत डालना; अनुभव करना; (निर्दोष आचरण द्वारा) धो डालना, उतार डालना; जीवनमें व्यक्त होना; विलासमय जीवन बिताना; आयु-वृद्धि होना, जीवन बढ़ जाना; (वस्तुओंका) शेष रहना, बच रहना (*his memory ~s*); (जहाजका विध्वंससे) बच जाना; निवास करना, बसना, रहना; *~ & let ~* सहिष्णु होना, उदार होना; *~ down* (चरित्र-सुधार द्वारा) कलंक दूर करना; *~ in a small way* थोड़ेमें निर्वाह करना; *~ on air* हवा पीकर रहना, बिना भोजन किये रहना; *~ to oneself* एकाकी रहना, एकान्तसेवी होना, अलग-अलग रहना; *~ up to one's principles* सिद्धान्तोंपर चलना; *~ well* सुस्वादु भोजन करना, अच्छा खाना-पीना ।

live[2] a. (गुणसूचक) जीवन्त, सजीव, जीवित, जिन्दा; (हास्य०) वास्तविक, सदेह, समूचा, जीता-जागता (*a real ~ burglar*); सक्षम, सशक्त, महिमान्वित; अपुरातन; अश्रान्त; जाज्वल्यमान, दहकता हुआ, जलता हुआ (*~ embers*); (गोला) जो दगा न हो; (दियासलाई) जो जली न हो; (तार) विद्युन्मय, बिजलीवाला; (चट्टान) अपृथग्भूत, अविच्छिन्न; (पहिये आदि) गतिप्रेरक, गतिशील; ~-bait जीवित कीड़ेका चारा; ~ load प्रचल भार; ~-stock पशुधन, जीवधन, पशु-सम्पत्ति, ढोर, मवेशी, चौपाये; ~ wise (ला०) अति उत्साही एवं शक्तिमान् पुरुष;

~ axle, ~ cartridge, ~ rail, ~ wire.

liveable a. = LIVABLE.

lived a. जीवी, जीवित, जीवनयुक्त ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

livelihood n. आलम्ब, आजीविका, जीविका, जीवन-साधन, निर्वाह, जीवन-निर्वाह, रोटी, रोजगार।

liveliness n. हर्ष, उल्लास, प्रफुल्लता, आनन्द, स्फूर्ति, उत्साह; सत्त्व, तेज।

livelong a. (का०, वक्तृ०) पूर्ण-विस्तार, समग्र, कुल, सारा *(~day, night)*।

lively a. वास्तविक, यथार्थ *(~ description)*; यथारूप, जीता-जागता, हू-बहू; सजीव, सप्राण; ससत्त्व, सशक्त, सोत्साह, तेजस्वी, स्फूर्तिशील, फुरतीला; विशद, रोचक, आकर्षक; (हास्य०) उत्तेजक, उत्प्रेरक; संकटमय, कठिन *(police had a ~ time)*, दुःसाध्य; (रंग) चमकीला; हर्षित, सोल्लास, प्रसन्नचित्त, उल्लसित, प्रफुल्ल, आनन्दी, आनन्दमय; (नाव आदि) हलकी।

liven v.t. & i. सजीव बनाना, उत्फुल्ल करना, जान पड़ जाना, जान डाल देना।

liver[1] n. यकृत्, पित्ताशय, जिगर, कलेजा; (*~-complaint* भी) यकृत-रोग, जिगरकी बीमारी; अरुण बभ्रु-वर्ण, गाढ़ा बादामी रंग; (जानवरके) यकृत्का मांस, कलेजा, कलेजी; (प्रा०) मन, चित्त, जी, दिल; ~ fluke याकृत छिद्रिपत्र; ~ wing यकृत्-पार्श्व (पकाये हुए मुर्गेका दाहिना भाग, जिसमें कलेजी होती है); ~ wort प्रहरिता (एक प्रकारका पौधा);

~ capsule, ~ cell, ~ extract, ~ ligament, ~ lobe.

liver[2] n. विशिष्ट ढंगसे रहनेवाला व्यक्ति।

livered a. यकृद्युक्त, जिसके तिल्ली हो।

liveried a. वर्दीधारी।

liverish a. यकृद्-रोगी।

liverless a. यकृत्हीन।

Liverpudlian a. & n. (हास्य०) लिवरपूलका (निवासी), लिवरपूली।

livery[1] n. वेश; (भृत्यों या नौकरोंकी) खूराक और वर्दी; (इति०; घोड़ोंके चारे आदिका) भत्ता, दाना-घास; नगर-संस्थाकी सदस्यता; (कानून) अर्पण, वैध रूपसे सम्पत्ति-प्रदान, दखलनामा; ~ company (लन्दनकी विशेष वर्दीवाली) लिवरी कम्पनी; ~ line जहाजमें भारकी सीमा द्योतित करनेवाली रेखा; ~man कुलवेशधारी, वर्दीवाला, लिवरी कम्पनीका सदस्य; (घोड़ोंके) अस्तबलका मालिक या नौकर; ~ stable अश्वशाला, (किरायेका) अस्तबल, अड़गड़ा।

livery[2] a. यकृद्वत्, जिगर-जैसा; यकृतके वर्णका, जिगरके (गाढ़े-भूरे) रंगका; (भूमि) चिकनी, कड़ी; विकार-ग्रस्त यकृद्वान्; सुस्त, चिड़चिड़ा।

livid a. नलकृष्ण, नीलाभ, सुरमई रंगका, काला-नीला चोटसे नीला; (बोल०) अत्यन्त क्रुद्ध।

lividity, lividness nn. नीलकृष्ण-वर्णता, नीलिमा, नील-वर्ण, नीलापन।

living[1]* n. (विशे० क्रियागत अर्थोंमें); वास (*~ space*); जीविका*, वृत्ति, ~ जीवनोपाय, निर्वाह, जीवन-यापन, (ईसाई धर्म) पादरीकी वृत्ति; ~ allowance जीवन-यापन भत्ता; ~ in adultery व्यभिचारजीवी।

living[2] a. (विशे०) समकालिक, समकालीन, विद्यमान; यथातथ्य; सप्राण, प्राणधारी, सजीव, जीवित, जीता, जिन्दा; ~ wage निर्वाह भृति, जीविकाभरकी मजदूरी; *within ~ memory* जीवित लोगोंकी स्मृतिमें।

livingness n. समकालिकता, समकालीनता, विद्यमानता; यथातथ्यता; सजीवता।

livre n. एक पुराना फ्रांसीसी सिक्का = ९ आना।

lixivial a. उद्विलयित, धाववित्त, निथरा हुआ।

lixiviate v.t. धाववेचन करना, निथारना।

lixiviation n. धाववेचन, उद्विलयन, निथारना।

lixiviator n. धाववेचक, निथारनेवाला।

lixivious a. = LIXIVIAL.

lixivium n. धाववित्तयन, निथारा हुआ क्षारजल।

lizard n. गोधिका, सरट, पल्ली, पल्लिका, छिपकली, बिसतुइया; (कैनरी पक्षीकी जातिका) एक सुन्दर पक्षी;

~ bronze, ~ green, ~ hide, ~ skin.

'll WILL का संक्षेप, (जैसे *I'll, he'll*)।

llama n. (द० अमरीकाका) उष्ट्रक, लामा; लामाके ऊनसे बनी हुई वस्तु।

llanero n. (लानोका निवासी) लानेरो।

llano n. (दक्षिणी अमेरिकाका वृक्षशून्य मैदान), लानो।

lo int. (प्रा०) देख, वह देखो!, देखो-देखो; लो, यह लो! (प्रायः *~ and behold*)।

loach n. स्रोत्या, (खायी जानेवाली एक छोटी मछली), लोच।

load[1] n. भार, उद्भार, बोझा; उद्वाह्य परिमाण, भार-मिति, माल-असबाब, खेप; (भार या रुकावटका कार्य करनेवाला) पदार्थ या शक्ति, बाधा, रुकावट; लदाव, दबाव; विद्युन्मात्रा; उत्तरदायित्व-भार, चिन्ता-भार, शोक-भार; (pl.; बोल०) प्राचुर्य, आधिक्य, बहुतायत; ~stone लोहकान्त, लोहमणि, अयस्कान्त, चुम्बक; ~-(water)line (जहाजमें) भार-रेखा; *take a ~ off one's mind* चिन्तामुक्त करना।

load[2] v.t. & i. उद्भरण करना, बोझना, लादना, लादा जाना; बोझ लेना; भारी करना, दबाना; सीसा भरना, सीसेसे वजनी करना; चढ़ाना, भारसे झुका पड़ना; (भार बढ़ानेके लिए अन्य वस्तुका) मिश्रण करना, मिलौनी करना, भरती करना; भरमार कर देना, मालामाल कर देना; (बन्दूक आदिमें) बारूद या गोली भरना; अत्यधिक माल खरीद लेना, अन्धाधुन्ध हिस्से खरीद लेना।

loaded a. उद्भृत, भारवान्, भाराक्रान्त, भारित, भारी, चढ़ाया हुआ, लदा हुआ *(air ~ with carbon, table ~ with food)*; पूर्ण, पूरित, भरा हुआ; सभार, बोझल, बोझिल, वजनी; ~ down ⊙, up उद्भृत, भारित, लादा हुआ।

loader n. लादनेवाला, भरनेवाला, (विशे०, क्रियागत अर्थोंमें); (शिकारीकी बन्दूक भरनेवाला) सेवक, अनुचर;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:JKS

कारतूस भरनेवाली मशीन।

loading १. a. लादनेवाला, भरनेवाला; २. n. भार-रोपण, भार; उपरिराशि, (व्यापारमें) ऊपरसे विनियुक्त धन-राशि; उद्धरण, लदाई, भराई;
~ charges, ~ foreman, ~ gauge, ~ place, ~ platform, ~ point.

loadstar n. ध्रुवतारा; अयस्कान्त, चुम्बक।

loaf[1] n. पावरोटी, डबल रोटी; cottage, household, tinned ~ पाव रोटीके भेद; कन्द-खण्ड, शर्करा-खण्ड, पिष्टक, शक्करका डला (~ *sugar, sugar* ~ भी); (करमकल्लेआदिके) सिरेका गुच्छा; *half a* ~ *is better than no bread* सारा जाता देखकर आधा लें बचा।

loaf[2], **loave** v. i. (करमकल्लों इत्यादिके) सिरेपर गुच्छे निकलना या बनना।

loaf[3] n. स्वैर-विचरण, डाँवाँडोलपन, अवारागर्दी, मटर-गश्ती; ~ (time) *away* कालक्षेप करना, समय गँवाना।

loaf[4] v. i. & t. आलस्यमें समय बिताना, व्यर्थ कालक्षेप करना, आवारागर्दी करना, डाँवाडोल फिरना, मटरगश्ती करना।

loafer n. स्वैरी, विचरणशील व्यक्ति, आवारा आदमी, बदमाश।

loafing n. स्वैर-भ्रमण, आवारागर्दी (*going to have a* ~)।

loam n. संमृदा, चिकनी मिट्टी, मिट्टीका गारा, कह-गिल; वनस्पति-खादयुक्त उर्वर मिट्टी।

loamy a. संमृदामय, चिकनी; चिकनी उपजाऊ मिट्टीवाला।

loan[1] n. ऋण, उद्धार, उधार, कर्ज; मँगनी (*on* ~); ऋण-कार्य; ऋणदान, ऋणरूप धन; ~-office ⊙ बन्धक या गिरवी रखनेकी दुकान; ~ society ऋणदात्री समिति; ~-word अभ्यागत शब्द; public ~ राज्य-ऋण, सरकारी कर्जा;
~ balance, ~ circulars, ~ closed, ~ company, ~-holder ~ ledger, ~s discharge, ~ statistics, ~ stipend, ~ transaction.

loan[2] v.t. ऋणके रूपमें प्रदान करना ⊙, देना (जैसे, ~ *it*)।

loanable n. ऋण दिये जाने योग्य।

loanee n. अधमर्ण, ऋणी, ऋण-ग्रस्त, कर्जदार।

loaner n. उत्तमर्ण, ऋणदाता।

loath, loth aa. उपेक्षापूर्ण; अनुत्सुक, अनिच्छुक, अप्रवृत्त, पराङ्मुख, विमुख, विरक्त, गतानुराग, अनमना; *nothing* ~ इच्छापूर्वक, राजी-खुशीसे, ~-to-depart विदाईकी धुन।

loathe v.t. विरक्ति रखना, जुगुप्सा रखना, घृणा रखना, घिन खाना, तंग आ जाना, नापसन्द करना।

loather n. जुगुप्सक, घृणा करनेवाला।

loathful a. घृण्य, घृणास्पद, गर्ह्य, जुगुप्सामय।

loathfulness n. घृण्यता, घृणास्पदता, गर्ह्यता, जुगुप्सा।

loathing n. विरक्ति, जुगुप्सा, घृणा, गर्हा, घिन, नफरत।

loathliness n. गर्ह्यता, जुगुप्सावहता, घिनौनापन।

loathly a. (प्रा० एवं साहि०) गर्ह्य, जुगुप्सित, कुत्सित, घृण्य, घिनौना।

loathness n. अनीहा, अनभीप्सा, अनिच्छा।

loathsome a. बीभत्स, घृण्य, गर्हित, कुत्सित, घिनौना; अप्रीतिकर, अरुचिकर, नागवार; निर्वेदपूर्ण, खेदजनक।

loathsomeness n. बीभत्सता, घृण्यता, घिनौनापन; अप्रीतिकरता, अरुचिकरता; निर्वेदपूर्णता, खेदजनकता।

loaved a. गुच्छेदार।

loaves n. LOAF[1]. का बहुव०

lob[1] n. स्थूलकाय, मोटू, भद्दा आदमी; (क्रिके०) धीरेसे फेंका हुआ गेंद; (टेनिस) ऊर्ध्व-निक्षिप्त कन्दुक; ढेला, डला।

lob[2] v.t. & i. (भारीपनसे मन्द-मन्द) चलना, दौड़ना, डोलना; (गेंद) धीरेसे उछालना, हलकेसे ऊपर फेंकना।

lobar n. पालिमत्, पिण्डकीय, लौदार।

lobate a. (प्राकृ० इति०) पालिमत्, लौदार।

lobation n. विभाजन, पिण्डीकरण, पालिमत्ता।

lobby[1] n. अग्रभवन, पुरःकक्ष, बरसाती, दालान, ड्योढ़ी; (हाउस ऑव कामन्स इत्यादिमें) प्रकोष्ठ, सभाकक्ष, सभा-मण्डप, उपकक्ष, सदस्य-गैलरी, लाबी; मतदान-प्रकोष्ठ; ~ talk प्रकोष्ठवार्ता, उपकक्ष-वार्ता।

lobby[2] v.t. & i. (विशे० अमे०; लाबीमें मिलजुलकर) सदस्योंको प्रभावित करना, मत माँगना, विधेयक-प्रस्ताव स्वीकृत कराना, सदस्य-प्रकोष्ठमें आना-जाना।

lobbyist n. सदस्य-प्रकोष्ठमें आने-जानेवाला, सदस्योंके मत प्राप्त करनेवाला, लाबीबाज।

lobcock n. गँवार, बुद्धू।

lobe n. पालि, पिण्ड, पिण्डिका, लम्बिका, लौ, लोर, लरी (~ *of liver, lung, ear*); (कानकी लरकी-जैसी) कोई उद्गतांश वस्तु; खण्ड, भाग।

lobed a. पालि-युक्त, पालिमान्, लौदार, लरीदार।

lobeless a. पालिरहित, बिना लौ या लोरका।

lobelet, lobule nn. लघु पालि, छोटा पिण्ड, भाग।

lobelia n. नलोत्तम, वमघास (एक प्रकारका फूलदार पौधा), लोबेलिया।

lober a. = LOBATE.

lobing n. पालिनिर्माण, पिण्डनिर्माण; पालियुक्तता, पिण्डमयता; पिण्डों या पालियोंमें विभाजन।

lobscouse n. (नौवि०) लवणयुक्त मांसका भोजन-विशेष, जहाजी बिस्कुट आदि।

lobster n. महाचिंगट, झिंगा मछली; (व्यंग्य) ब्रिटिश सिपाही, लोब्स्टर; ~-eyed उभरे नेत्रोंवाला; ~-pot (झिंगा मछली पकड़नेकी) जाल-टोकरी।

lobular a. पिण्डीय, पिण्डाकार।

lobulation n. (फेफड़ों या पत्तोंका) भंजन, छेदन, खण्डन, विभाजन।

lobule n. पालिका, लघुपालि, खण्डिका, पिण्डिका, लघु लम्बिका, छोटी लौ।

lobworm n. (मछलीके चारेके लिए प्रयुक्त) एक समुद्री

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

कीट, बड़ा केचुआ ।

local[1], **locale** nn. (कार्य या घटनाका) दृश्य, दृश्य-स्थान, घटना-स्थल, मौका ।

local[2] n. स्थानीय निवासी; स्थान-विशेषका व्यवसायी; स्थानीय समाचार (-स्तम्भ); (सीमित स्थलोंमें प्रचलित) डाक-टिकट; लोकल ट्रेन; (बोल०) स्थानीय सार्वजनिक गृह; (pl.) स्थानीय परीक्षाएँ; (pl.) शाखाएँ ⊙; ~ colour (उपन्यास इत्यादिमें) स्थानीय पृष्ठभूमि; (चित्रण; सामान्यवर्ण-योजनासे भिन्न) पृथक् दृश्यों के रंग ।

local[3] a. अल्पविस्तृत, स्थानिक (~ *adverb*), स्थानीय, स्थानगत, देशीय, स्थान-विशेष-विषयक; अंग-विशेषका (~ *pain*); (गणित) विन्दु-पथका; अव्याप्त (~ *flower*); ~ government स्थानीय शासन; ~ option, veto (मदिरा-विक्रयार्थ, प्रान्त को प्रदत्त) विशेष निषेधाधिकार;

~ account, ~ action, ~ administration, ~ affairs, ~ agent, ~ allowance, ~ anaesthesia, ~ association, ~ audit, ~ authorities, ~ autonomy, ~ board, ~ body, ~ cess, ~ colour, ~ council, ~ custom, ~ delivery, ~ demand, ~ distribution, ~ division, ~ finance, ~ forecast, ~ fund, ~ improvement, ~ influence, ~ jurisdiction, ~ legislation, ~ limits, ~ needs, ~ option, ~ partner, ~ population, ~ staff, ~ tax, ~ time, ~ train, ~ usage, ~ value.

locale n. घटनास्थल, मौका ।

localism n. स्थानासक्ति, स्थानीय संलग्नता, स्थानीय प्रवृत्ति, स्थानीय अनुराग, स्थानीयता, प्रादेशिकता; देशी शैली, पदावली, मुहावरा ।

locality n. स्थानीय परिस्थिति, संस्थिति, स्थान, स्थिति, स्थल, प्रदेश, मौका, इलाका ।

localizable a. अवस्थाप्य, स्थानीय बनाने योग्य ।

localization n. अवस्थापन, स्थानसीमन, स्थानीयकरण ।

localize v.t. स्थानीय बनाना, एकदेशीय बनाना, स्थान-विशेषमें सीमित रखना, जिलोंसे सम्बद्ध करना; (राज०) अकेन्द्रीभूत करना; (ध्यान) केन्द्रित करना ।

localized a. स्थान सीमित ।

locate v.t. स्थिति-निश्चय करना, स्थान निर्धारित करना, ठीक स्थानका पता लगाना; जमाना, रखना, बिठाना, एक स्थानपर स्थापित होना या करना ⊙; अवस्थित होना ⊙।

located a. स्थित, निविष्ट ।

location n. निवेशन, स्थिति-निश्चयन, स्थान-निर्धारण, अवस्थापन; स्थान, जगह; (चलचित्र भी) कलाशाला या स्टूडियोके बाहरका स्थान (जहाँ फिल्मीकरण होता है); स्थिति, मौका (~ *plan*) ।

locative[1] n. (व्या०) अधिकरण कारक, सप्तमी विभक्ति ।

locative[2] a. स्थान-निर्देशक ।

loch n. समुद्र का सँकरा भाग, बन्द खाड़ी, स्कॉटलैण्डकी झील, लॉक ।

lochia n. (pl.) प्रसवान्त स्राव, सूतिस्राव, प्रसूतिके बाद रुधिरस्राव ।

loci n. (pl.) LOCUS का बहुव० ।

lock[1] n. पाश, कलाप; केशपाश; केश-कलाप, केश-गुच्छ, अलका, काकुल, काक-पक्ष, शिखा, शिखण्डक, लट; ऊनका गुच्छा, रूईका गाला ।

lock[2]* n. ताल, तालक, तालयन्त्र, ताला*; बन्दूकका घोड़ा; प्रतिकक्ष, बन्द कक्ष या सम्मुखी कक्ष; जलावरोध, नहरका बाँध; जलबन्ध, बन्ध, सम्बाध, बाँध, पथरोध; आलिंगन; अड़ंगा; गुप्तरोगोंका चिकित्सालय; ~-chamber नहरका जलावरोध; ~-gate जलावरोध-द्वार; L~ Hospital गुप्त रोगोंका चिकित्सालय; ~-jaw हनुस्तम्भ, एक प्रकारका रोग; ~-keeper जलरोध-रक्षक; ~man, ~sman नहरके फाटकका पहरेदार; ~ sill जलावरोधमें धरणी या धन्नी; ~smith तालोंका लोहार या मरम्मत करनेवाला; ~-stitch दुहरी बखिया; ~, *stock, & barrel* समग्र, समस्त, सम्पूर्ण, पूर्णतया, साराः *under ~ & key* यन्त्रित, तालबद्ध, तालाबन्द;

~box, ~-down, ~fast, ~ label, ~-maker, ~-making, ~-nut, ~-out, ~-pin, ~-pole, ~-pouch, ~-spit, ~ ticket.

lock[3] v.t. & i. ताला लगाना, ताला देना; बन्द करना, ताला बन्द होना; (भूमि आदिका) पाशित करना, परिबद्ध करना, रोकना, रोकना, घिरना; (ला०) दुर्लभ रूपमें संचित रखना, सात तालोंमें बन्द रखना; (हड़ताली मजदूरोंको काम देनेसे इनकार करने के लिए) दरवाजेमें ताला बन्द करके बाहर रखना; कस देना, जकड़ देना; गूँथना, फाँसना, उलझाना, लपेटना, जकड़में लाना; (सेना०) पिछली पंक्तिका एड़ियाँ लगाते हुए चलना; जलद्वार बनाना, नहरमें बाँध बाँधना; बन्द में नावका जाना या ले जाना; जलप्रणालीसे होकर जाना, जलद्वारसे होकर गुजरना; ~out सन्निरोध, तालाबन्दी; ~-up लागत-पूँजीकी अप्राप्य अवस्था, (बिना आमदनीके फँसा रहना); बन्धनागार, रोधागार, हवालात ।

lockage n. (नहरमें जलरोध द्वारा) जलमात्रा में चढ़ाव-उतार; बाँध-शुल्क, बाँध-कर; बाँध-प्रयोग; बाँध-संख्या ।

locked[1] a. अलकायुक्त, शिखायुक्त, लटदार ।

locked[2] a. (भू० कृ०) गुँथे हुए, लड़ाईमें उलझे हुए; तालाबन्द, रुद्ध, बन्द (~ *harbour*); ~-jaw, lock-jaw हनुस्तम्भ-रोग, दँतपिच्ची ।

locker n. (क्रियागत अर्थोंमें); कुंचीरक्ष; तालेदार अलमारी; (नौवि०) कोष्ठ, रसद-कोष्ठ, रसद-सन्दूक; *not a shot in the ~* (किसीकी जेबमें) एक पैसा न होना ।

locket n. (म्यानपरका) लौह-पत्र, लोहेकी पट्टी; (चित्र आदिसे युक्त) सोने या चाँदीका कुण्डा, ढोलना, लाकेट ।

Lockian a. जॉन लॉक-सम्बन्धी।

locking n. परिबन्धन, पाशन (~ *device*) ।

Lockist n. जॉन लॉकवादी दार्शनिक ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

lockless a. निस्तालक, बेताला, खुला हुआ।
lockram n. एक प्रकारका खुरदरा लिलेन कपड़ा।
loco ⊙[1] n. एक जहरीला पौधा; ~-disease (पशुओंकी) मस्तिष्क-सम्बन्धी बीमारी।
loco[2] ⊙, **locoed** ⊙ aa. हठी, सनकी, झक्की।
loco[3] n. LOCOMOTIVE का संक्षेप।
locoism n. = LOCO-disease.
locomobile १. n. मोटरकार; २. a. प्रचाली।
locomote v. i. (प्राणि वि०) एक स्थानसे दूसरे स्थानको गतिशील होना।
locomotion n. चलन, गमन, प्रचलन, गमनागमन, गतिशीलता; चाल, यात्रा, यात्रा-पद्धति।
locomotive[1] n. (ग्रा०, pl.) टाँगें, दोनों पैर (*use your ~s*); प्रचल प्राणी; चलित्र, गमित्र, इंजन, प्रचल इंजन, लोकोमोटिव ⊙।
locomotive[2] a. जंगम, चलनशील; (ह्रास्य०) यात्रा-सम्बन्धी (*in these ~ days*); प्रचल, प्रचलनमय, प्रचलनशील, अस्थिर, संचरणशील, इतस्ततः संचारी, चलता; गति-संचारक, गत्युत्पादक (*~ organs*); a ~ person निरन्तर गमनशील व्यक्ति, घुमक्कड़; ~ animal, ~ boiler, ~ engine, ~ faculty, ~-man, ~ power, ~ workshop, ~ yard.
locomotor[1] n. चलवहित्र, प्रचल व्यक्ति या वस्तु, गतिशील व्यक्ति या वस्तु, लोकोमोटर।
locomotor[2] a. प्रचल; गतिविषयक।
locomotory a. स्वचालितयान-विषयक; मोटरकार-सम्बन्धी।
locular a. गह्वर-, गह्वरमय।
loculose a. कोषमय, कोषयुक्त।
loculus n. (pl. *loculi*; जन्तुवि०, श० र० शा०, वन०) गह्वर, लघु गह्वर।
locum-tenency n. स्थानापन्नता, सहायकत्व; स्थानापन्न पद; सहायकका कार्य।
locum tenens n. स्थानापन्न, सहायक, डिप्टी।
locus n. (pl. *loci*) निधि, निधान; स्थान, संस्थिति, ठीक जगह; (गणित) पथ, विन्दुपथ; ~ in quo घटना-स्थल; ~ standi अभिज्ञात स्थिति, स्वीकृत स्थिति; हस्तक्षेपका अधिकार; उपस्थित होनेका अधिकार।
locust n. शलभी, टिड्डी, टीड़ी; विनाशक प्रवृत्तिका व्यक्ति; विध्वंसक स्वभावका व्यक्ति; शलभ-द्रुम, कैरव वृक्षका फल; (*~ pod* भी) शलभशिम्ब, टिड्डी-फली, दालचीनी या तेजपातकी फली; (*~-tree* भी) वृक्ष-प्रजाति (विशे० कैरव और बब्बूल); ~ swarm टिड्डीदल।
locution n. भाषण-शैली, वक्तृता-शैली, वाक्शैली, मुहावरा; (शैलीके अन्तर्भूत) वाक्य, उक्ति, पद, शब्द।
locutory n. वार्तालाप-स्थान, विचार-विनिमय-भवन।
lode n. प्रणाली, नाली, बरहा; खात, खाई; सन्दर, (खानमें) कच्ची धातुकी नाली या पर्त; ~man कर्णधार; ~manage कर्णधार-शुल्क; ~star ध्रुवतारा; ~stone अयस्कान्त, चुम्बक।
lodge[1] n. संवास, उपगृह, कुटीर, लघु भवन, छोटा मकान; (विशाल भवन या पार्कके द्वारपर स्थित) छोटी कोठरी; दारपाल-कक्ष, ड्योढ़ी; (Masonic ~ के) सदस्यगण (का सम्मेलन स्थान); उत्सव-स्थान; (कैम्ब्रिज) कालेजके अध्यक्षका वासस्थान; (ऊदबिलावकी) माँद; (उ० अ० के आदिवासियोंका) तम्बू, खेमा।
lodge[2] v.t. & i. आवास देना, निवास देना, शयन-स्थान देना, धरना, रखना, टिकाना, ठहराना; संवास करना, बसना, (किरायेके कमरेमें) निवास करना, बसेरा करना, रहना, रात बिताना; निवास स्थानका काम देना, आवासकी सुविधा रखना; (स्थानमें या व्यक्ति केपास) सौंपना, छोड़ना, सिपुर्द करना; (न्यायालयमें) प्रस्तुत करना, उपस्थित करना; परिवाद प्रस्तुत करना, दावा दायर करना; अधिकार सौंपना; (हवाका फसलको) गिरा देना, बिछा देना; स्थिर कर देना, जमा देना, जमाना, बैठाना, बैठा देना; जम जाना, बैठ जाना (*bullet ~ ed in his brain*)।
lodgement, -gment nn. निवेशन, स्थापन, अवस्थिति, समावास, डेरा; (सेना०, शत्रु-स्वायत्तीकृत भागमें) अस्थायी सुरक्षा-कार्य, अस्थायी मोरचा; स्थान, जगह, टिकाना, ठहराव; (कानून) रुपया जमा करनेका कार्य; राशि, ढेर, जमाव, तह।
lodger n. संवासी, किरायेदार अतिथि।
lodging n. (क्रियागत अर्थोंमें); वासगृह, आवास, निवास, बासा (*~ allowance*), निवास-स्थान; किरायेका कमरा; ~-house यात्रि-भवन, (वह घर जिसमें किरायेपर कमरे दिये जाते हों)।
loess n. विमृदा, लोयस, (पीताभ-धूसर मुलायम चीनी मिट्टी)।
loft[1] n. अट्ट, उपरिकोष्ठ, शिरोगृह, चन्द्रशाला, कोठा, अटारी ⊙, मचान, अस्तबलके ऊपरका कमरा; छतरी, कावुक, कबूतरखाना, कबूतरोंका दरबा; कपोत-समूह, कबूतरोंका परा; (गिर्जेका) विशालकक्ष, गैलरी; (गॉफके डण्डेका) सिरा, उछाल।
loft[2] v.t. (गॉफ) गेंदको ऊँचा मारना, ऊँचा उछालना; (कबूतरको) दरबेमें रखना।
lofter n. (गोफका) कुंदा, बल्ला, लॉफ्टर।
loftiness n. उद्ग्रता, उत्सेध, उन्नति, तुंगता; दर्प, गर्व, औद्धत्य, अभिमान; उच्चता, उत्कर्ष, गुरुत्व, भव्यता, महत्त्व, ऊँचाई; प्रौढ़ता, धीरता, बड़ाई।
lofty a. उच्च, उत्तुंग, उन्नत, ऊँचा (*~ mountain*); दृप्त, मत्त, उद्धत; प्रौढ़, बड़ा।
log[1] n. लगुड, काष्ठखण्ड, लट्ठा, बोटा; (जहाजका) गति-मापक-यन्त्र, गतिमापक काष्ठखण्ड; (जहाजके यात्रियोंका) समय-विभाग, गतिलेख; (दर्जीका) रोजनामचा; ~-board परस्पर-सम्बद्ध दो फलक; ~-book (जहाजकी) कार्य-दैनिकी, कार्य-पंजी, रोजनामचा; ~ cabin लट्ठोंकी बनी झोंपड़ी; ~-line लगभग १०० फैदमकी एक डोर; ~-rolling (राजनीतिक लक्ष्य-सिद्धिके निमित्त) परस्पर सहयोग;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(लेखक-आलोचककी) परस्पर प्रशंसा; ~wood शोणद्रु, (रँगनेके कार्यमें आनेवाली) अमरीकी पतंग वृक्षकी लकड़ी, लागवुड; *float like a* ~ बेकार घूमना; *roll my* ~ *& I'll roll yours* परस्पर सहायता करें; ~ cubic contents, ~-lifter, ~ measure, ~-seasoning, ~-ship, ~-storing.

log[2] v.t. लट्ठे बनाना, कुन्दे बनाना; (जहाजकी दैनिकीमें) लिखना, टाँकना, चढ़ाना; (जहाजका, दूरीको) अतिक्रान्त करना, मंजिल तै करना; जुर्माना करना, दण्ड देना; झूलना, झूमना।

loganberry n. रसभरी या ब्लैकबेरीकी कलमसे होनेवाला फल।

logan(-stone) n. (छूते ही हिलनेवाला) सन्तुलित भारी पत्थर।

logarithm n. (गणित) छेद, छेदा, संवर्गमान, घात प्रमापक, लघुगणक, लॉगरिथ्म; घात (जिस तक संख्याको बढ़ाना चाहिये)।

logarithmetical a. = LOGARITHMIC.

logarithmic,-al aa. छेदीय, लघुगणकीय, लॉगरिथ्म-सम्बन्धी (~*curve*); ~ spiral छेदा-कुन्तल।

loge n. (थियेटरमें) बॉक्स, लोज।

loggat n. = LOG[1]; अड़ाँस, सहारेकी चपती, एक खेल।

logger n. काष्ठ-वस्तु-विक्रेता, कबाड़ी।

loggerhead n. (प्रा०) मूर्ख, मूढ़, जड़मति, स्थूल-बुद्धि, जड़, निर्बोध, उल्लू; लौह-यन्त्र; (नावके पृष्ठभागमें) खम्भा, थाम; राजकश्यप (बड़े सिरका कछुवा या पक्षी); *at* ~*s* कलह-रत, झगड़ेमें लगे हुए।

logger-headed a. मन्द, मूढ़, मूर्ख, मोटी अक्लका।

loggia n. (pl. *-s* or *loggie*) बरामदा, छतदार-मार्ग।

logging n. लगुड-निर्माण, लट्ठे बनाना।

logia n. (pl.) लोकवाद, जनवाद, किंवदन्तियाँ, अनुश्रुतियाँ (विशे० ईसाके बारेमें इनका संग्रह)।

logic n. तर्क-शास्त्र, तर्क-विज्ञान; तर्क, न्याय, युक्ति (*argues with great learning & ~*); तर्क-शृंखला, तर्क-कौशल; सम्बाधन, प्रभाव, प्रभावशीलता।

logical a. तार्किक, तर्क-विषयक; तर्कशास्त्र-सम्बन्धी; तर्कपूर्ण, तर्क-सम्मत, न्यायसंगत, युक्ति-युक्त; सुदृढ़, पक्का; तर्कसिद्ध, तर्कशुद्ध, विचार-क्षम; ~ memory अर्थाश्रित स्मृति।

logicality n. तार्किकता, तर्कसंगति, तर्कपूर्णता।

logician n. तार्किक, तर्कविद्, तर्कशास्त्रज्ञ, नैयायिक, तर्कशास्त्र-वेत्ता।

logicise v.t. तर्क करना, बहस करना।

logion n. (pl. LOGIA) (बाइबिलके अतिरिक्त अन्यत्र सुरक्षित) ईसाकी उक्ति।

logistic a. तर्क-सम्बन्धी; गणना-विषयक, वृद्धिघाती, आनुपातिक।

logistics n. (pl.) सैन्यतन्त्र, प्रदायवाहिकी, (सैन्य-संचालन और निवेशकी कला)।

logogram n. (शार्टहैण्डमें) शब्द-संकेत।

logograph n. = LOGOTYPE.

logographer n. (प्रा० ग्रीक) भाषण-लेखक, वक्तृता-लेखक।

logography n. (शब्दोंको एक प्लेटपर छापनेकी) मुद्रणकला, लॉगोग्राफी।

logogriph n. शब्द-प्रहेलिका, शब्द-पहेली।

logomachy n. (साहि०) वाग्युद्ध, शब्द-वितण्डा, शब्द-विवाद।

logomania n. वागुन्माद, प्रजल्पता, वादविक्षेप, वाचालता, बोलते रहनेकी सनक।

logopathia n. भाषाविकार, भाषादोष।

logos n. (no pl.) शब्द, शब्दब्रह्म, वाक्, वाग्देवी, शब्दतत्त्व, लोगस।

logotype n. एक साथ ढले हुए अक्षर (जैसे, *ff*, *ffl*)।

loimic a. महामारी-सम्बन्धी।

loimology n. महामारी-विज्ञान।

loin n. श्रोणि, नितम्ब, कूल्हा, कमर; पुट्ठेका गोश्त; ~ cloth धोती, रूमाली; sprung from one's ~ सन्तान।

loined a. श्रोणियुक्त; कटीय, कमर-सम्बन्धी, पुट्ठेका।

loiter v.t. & i. मार्गमें विलम्ब करना, टाल मटोल करना, ढील करना, ठहरते-ठहरते चलना, टिकते-टिकते चलना, मटरगश्ती करना; व्यर्थ कालक्षेप करना, मारे-मारे फिरना, सुस्तीमें समय बिताना; ~ *over* one's *work* कामकी चोरी करना, जी चुराना।

loiterer n. अलस, आलसी, कालक्षेपी, विलम्बी, सुस्त, मटरगश्त आदमी।

loitering १. n. विलम्बन, कालक्षेप; २. a. कालक्षेपक, विलम्बी।

loll v.t. & i. (जीभ) निकालना, लपलपाना, बाहर लटकाना; आलस्यमें लेटे रहना, सुस्तीमें पड़े रहना; (अंगोंको किसी वस्तुपर आश्रित करके) विश्राम करना, आराम करना, पाँव पसारकर या तकिया लगाकर लेटना, लोटना, ऐंड़ना, ऐंठना।

Lollard n. एक ईसाई सुधारक सम्प्रदाय; (जर्मनीके) गुरु वाईक्लिफका अनुयायी।

Lollardy n. लोलार्डोंकी शिक्षा या उपदेश।

lollipop n. (प्रायः pl.) मधुमण्ड, मिठाइयाँ, चीनीकी टिकिया या गोलियाँ, लॉलीपप।

lollop v. i. सुस्तीसे घूमना।

Lombard a. & n. लोम्बार्डीका (निवासी या नागरिक)।

Lombardic a. लोम्बार्डी-विषयक, लोम्बार्डीका।

lomentum n. अनुप्रस्थक (एक प्रकारका बीज)।

London a. (गुण०) लन्दनका (जैसे, ~ *ivy*); ~ pink, ~ proof gallon, ~ proof rum, ~ rocket, ~ smoke.

Londoner n. लन्दनवासी।

Londonism n. लन्दनवासीकी विशिष्टता, लन्दनी पदावली या मुहाविरा।

Londonize v.t. लन्दनका बनाना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

lone a. & n. = LONELY; कुमारी या विधवा।

loneliness n. विजनता, निर्जनता, एकाकीपन, सूनापन, एकान्त, वीरानी, उजाड़; असहायता।

lonely a. विविक्त, पृथग्भूत, एकाकी, निःसंग, एक, केवल, मित्रहीन, अकेला; एकान्त, निभृत, निर्जन, विजन, निर्मानुष, वीरान; अनाथ, असहाय।

loneness n. एकाकीपन, अकेलापन, तनहाई।

lonesome a. निर्जन, निःसंग-भाव-जनक, सूना, सुनसान; घोर।

lonesomeness n. एकान्त, निर्जनत्व, विजनता, निःसंगता, सूनापन।

long[1] n. दीर्घ अन्तराल, लम्बी अवधि (जैसे, *shall see you before* ~); विस्तार, विशद वर्णन, ब्यौरा; दीर्घ अक्षर; दीर्घ अवकाश, लम्बी छुट्टी; *the* ~ *& short of* (something) तात्पर्य, अभिप्रेतार्थ, अभिप्राय, सारांश।

long[2] v.t. उत्कट इच्छा होना, बहुत चाहना, अति लालसा होना, उत्कण्ठा होना।

long[3]* a. लम्बा*, एक सिरेसे दूसरे सिरेतक, आयत, विलम्बित; अधिक अन्तरयुक्त, अति विभेदमय, दूरका; (प्रायः पैमाना) विशिष्ट लम्बाईवाला; दीर्घ, दीर्घाकार; विशिष्ट समयवाला, दीर्घकालिक; विस्तीर्ण, विस्तृत; नीरस, उकता देनेवाला; अतिसंख्यक; सनातन, प्राचीन, अतीत-कालीन; दीर्घसूत्री, ढीला, सुस्त; (छन्द, स्वर इत्यादि) दो मान्य मात्राओंसे अधिक, अतिरिक्त; चिरस्थायी; (प्रच०) बलयुक्त, आघातयुक्त, मूलउच्चारण-युक्त; ~boat पाल-युक्त जहाजमें लगी सबसे बड़ी नौका; ~ bowls दूरस्थानीय युद्ध; ~ cloth संश्वेता, लट्ठा, लंकलाट; ~ distance call ⊙ नगरके बाहरका टेलीफोन, ट्रंककाल; ~-dozen तेरह; ~-eared दीर्घकर्ण; मूर्ख, गधा; ~ ears मूर्खता, गधापन; ~ field बाल फेंकनेके दाएँ-बाएँ खड़ा होनेवाला खिलाड़ी; बाल फेंकनेवालेके पीछेका मैदान; ~ finger मध्यमा, बीचकी उँगली; ~-hand सामान्य हस्तलिपि; ~-headed बुद्धिमान्, अग्रद्रष्टा, दूरदर्शी; ~ hop (क्रिके०) विकेटके समीप टप्पा खानेवाला बाल; ~ hundred एक सौ बीस; ~ measure रेखात्मक माप; ~ off, on (क्रिके०) बाल फेंकनेवालेके दाएँ-बाएँ या पीछे खड़ा होनेवाला खिलाड़ी; ~-primer १० प्वाइण्ट टाइप; ~-sighted दीर्घदृष्टि; ~ standing चिरकालीन, चिरागत; ~-stop विकिटकीपरके पीछेका खिलाड़ी; ~-term दीर्घकालिक; ~ wind दीर्घ सामर्थ्य, लम्बा दम; *at* ~*est* अधिकसे अधिक (इतने कालमें); *draw the* ~ *bow* अत्युक्ति करना; *in the* ~ *run* अन्ततः, अन्ततोगत्वा; आखीरमें; ~ *absent*, ~ *forgotten* आँख ओट पहाड़ ओट, आँख ओझल पहाड़ ओझल; ~*s and shorts* (विशे० लैटि०) दीर्घ-ह्रस्व मात्राओंका पद्य; (स्थापत्य; एकके बाद एक चुने हुए) छोटे-बड़े कुन्दे; *take* ~ *views* सुदूर परिणामोंकी कल्पना करना; ~-armed ~-awaited, ~beak, ~beard, ~ bill, ~-billed ~-bodied ~-boled, ~-borne, ~ bow, ~ butt, ~-celled, ~ chord, ~ ciliary nerve, ~-clawed, ~-columnar, ~-columnar crystal, ~-crested ~ cycle, ~-dated, ~-delayed, ~-desired, ~ distance, ~ division, ~-drawn-out, ~ exchange, ~-expected, ~-felt want, ~ focus lens, ~-forgotten, ~-haired, ~-handled, ~-hid, ~ hopper closet, ~ hundredweight, ~-jawed, ~-known, ~-leaved pine, ~-legged, ~ lines, ~-lived, ~-necked, ~ officiation, ~ oval glasses, ~-parted, ~-pending, ~ pepper, ~ period, ~-planned, ~-planted, ~ prismatic, ~-range, ~ rate, ~ roll ~ rolls, ~ season crop, ~ section, ~ service, ~-settled, ~ sight, ~-sleeved, ~-sought, ~-stalked, ~-standing custom, ~ staple, ~-stapled, ~-tailed, ~-term capital, ~-time exposure, ~ title, ~-toed, ~ ton, ~-tongued, ~ totals, ~ voyage, ~-waisted, ~ wheat, ~-wing bat.

long[4] adv. चिरेण, दीर्घकाल पर्यन्त; चिरात्, दीर्घ-कालसे, देरतक; (कालवाचक संज्ञाओंके साथ) समग्र, सारे, भर, पूरे; ~ ago० पहले, पुरा, प्राक्काल, पूर्वकालमें, बहुत दिन हुए, किसी समय, एक समय; ~-drawn (-out) अनपेक्षित रूपसे दीर्घीकृत; ~-standing प्राचीन, प्राक्काली, पुराना; *so* or *as* ~ *as* जहाँ तक, यहाँ तक, अब तक कि, बशर्ते कि।

longanimity n. (क्र०) तितिक्षा, सहिष्णुता, सहन-शीलता।

longe v. (तलवार) भोंकना, चुभोना।

longeron n. (प्रायः pl.) विमानके ढाँचेकी लम्बाई; लम्बानकी कड़ी या पटल।

longeval, -gae-, a. चिरायु, चिरंजीवी, दीर्घायु, दीर्घजीवी।

longevity n. चिरायु, चिरजीवन, दीर्घायुष्य, दीर्घ आयु।

longevous a. स्थविर, चिरजीवी, वृद्ध, अधिक आयुका।

longicorn n. दीर्घशृंग, घोंघा, (लकड़ीमें लगनेका एक कीड़ा)।

longiloquence n. लम्बा भाषण, लम्बी वक्तृता।

longimanous a. (लंगूर) दीर्घबाहु, दीर्घहस्त, लम्बे हाथोंवाला।

longing १. n. उत्कण्ठा, वांछा, उत्सुकता, स्पृहा, अभिलाषा; २. a. अभिलाषी, आकांक्षी, उत्कण्ठित, उत्सुक।

longirostral a. लम्बचंचु, लम्बी चोंचवाला।

longish a. दीर्घप्राय, अंशतः लम्बा, लम्बा-सा।

longitude n. (आधु० ह्रास्य०) द्राघिमा, लम्बान, लम्बाई; (भूगो०) रेखांश देशान्तर, देशान्तर रेखा, देशान्तर वृत्त, खड़ा चक्कर; (ग० ज्यो०) भोग, गतिकाल।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

longitudinal a. लम्बा, लम्बाई-सम्बन्धी; देशान्तरीय, देशान्तर-विषयक; अन्वायाम, अनुदैर्घ्य, भोगीय, भोग-विषयक।

longsome a. श्रान्तिकर, श्रमप्रद, थकानेवाला।

longways adv. लम्बानके हिसाबसे, लम्बाईमें।

longwise adv. अनुदैर्घ्य, अन्वायाम, दीर्घतापूर्वक, लम्बे-लम्बे, लम्बाईमें।

loo n. & v. (जिसमें हारनेवाला जुर्माना देता है वह) ताशका खेल; अर्थदण्ड (वसूल करना), जुर्माना (वसूल करना)।

looby n. स्थूलजन, ग्राम्य, गँवार, अनाड़ी, देहाती, फूहड़ आदमी।

loof n. (pl. *-fs, -ves*) करतल, हथेली, गदोरी।

loofah n. (झावेंके रूपमें प्रयुक्त) तुरई, जिंगा, लूफा।

look[1] n. छवि, रूप, आकृति, आकार, मुखरेखा, चेहरा; ईक्षण, दर्शन, अवलोकन; दृष्टि; दृष्टि-दिशा, दृष्टिपात, निगाह, आँख; आलोक, आभा, छवि; ~-out खोज, तलाश (*be on the ~-out*)।

look[2]* v. i. & t. दर्शन करना, दृष्टिक्षेप करना, देखना*, दृष्टिपात करना; निरीक्षण करना, परीक्षण करना, चिन्तन करना, सोचना, विचार करना; (दृष्टिसे) व्यक्त करना, आतंकित करना, वर्जित करना; खोजना, ढूँढ़ना, देखना-भालना, जाँच-पड़ताल करना; (ला०) मानसिक अन्वेषण करना; पूछ-ताछ करना, मालूम करना; सूझना, दिखाई देना; राह देखना; ~-out कड़ा पहरा; प्रत्याशा, सम्भावना, भविष्यः सम्बन्ध; चिन्ता; मामला; कड़ा पहरा देनेवाला; ~ *about* खबरदार रहना; ~ *after* परिरक्षा करना, देख-भाल करना; अन्वेषण करना, खोजना; ~ *before you leap* फूँक-फूँककर पाँव रखना; ~ *down* अधिक्षेप करना; अवमानना करना, अवगणना करना, नीची निगाहसे देखना; दृष्टिसे विजित कर लेना, दृष्टिसे दबा देना; (वाणि०) मूल्यका ह्रास होना, दाम गिर जाना; ~ *down* (*up*)*on* स्वयंको श्रेष्ठ समझना; (दूसरोंको) घृणाकी दृष्टिसे देखना; तिरस्कार करना, ~ *for* प्रत्याशा होना, प्रतीक्षा करना, बाट जोहना; अन्वेषण करना, खोजना, तलाश करना; ~ *forward to* प्राकल्पना करना, प्रतीक्षा करना; ~ *in* थोड़ी देरकी भेंट करना, थोड़ी देरके लिए हो आना; ~ *in the face* सामना करना; ~ *into* (बक्स, पुस्तक आदिका) निरीक्षण करना, परीक्षण करना, अनुसन्धान करना, समझना, भीतर पैठना, जाँच करना; ~ *like*⊙ (के) सदृश मालूम होना; ~ *on* (अविश्वासकी दृष्टिसे) देखना, समझना; तमाशाई होना; ~ *out* प्रतीक्षा करना, बाट जोहना, तैयार रहना; (*on, over*) निरीक्षण द्वारा चयन करना; ~ *over* देख जाना, निरीक्षण करना; उपेक्षा करना, छोड़ जाना; क्षमा करना; ~ *round* सम्भावनाओं आदिपर ध्यान रखना; ~ *sharp* कड़ा पहरा रखना, कठोर चौकसी रखना; फुर्ती करना, जल्दी करना; ~*s to be about*⊙ चारों ओर देखता है; ~ *to* ध्यान रखना, सावधान रहना, सतर्क रहना, चौकस रहना; ~*s toward* (की दिशामें) संकेत करता है; ~ *up* (विशे० वाणिज्य०) भाव चढ़ना; आर्थिक दशा उत्तम होना; अन्वेषण करना, खोजना, ढूँढ़ना; साक्षात्कार करना, मिलना; दृष्टि उठाना, नजर उठाना; ~ *up to* प्रतिष्ठा करना, सम्मान करना, मुँह ताकना।

looker n. द्रष्टा, वीक्षक, दर्शक, देखनेवाला; a good ~ छैला, बाँका।

looking १. n. दृष्टि, दर्शन, विलोकन, वीक्षण; २. a. दर्शी; ~ glass दर्पण, मुकुर, आईना, आरसी।

loolug n. मूर्ख, मूढ़, जड़मति, मूढ़धी, अल्पधी, बुद्धू।

loom[1] n. वेम, वेमा, करघा, खड्डी, जुलाहेका राछ; सैला, मूठ, डाँड़की मुठिया।

loom[2] n. (समुद्र आदिसे) अस्पष्ट स्थल-दर्शन।

loom[3] v. i. (शा० एवं ला०; प्रायः ~ *large*) अस्पष्ट एवं महाकार दिखाई पड़ना, डर लगना।

loom[4] n. मुर्गाबी, लूम।

loomery n. मुर्गाबी-खाना।

looming n. अस्पष्ट दर्शन, (धुँधलेमें दिखाई पड़नेवाला) वस्तुओंका अस्पष्ट और बढ़ा हुआ रूप।

loon[1] n. (स्कॉट० एवं प्राची०) धूर्त, दुर्जन, बदमाश, उचक्का, लुच्चा, पाजी, नीच, कमीना; लौंडा, छोकरा।

loon[2] n. निमज्जूक, मुर्गाबी, लून।

loony n. & a. (ग्रा०) विक्षिप्त, पागल, सिड़ी।

loop[1] n. चाप; पाश, पाशी, फन्दा, फाँसा, फान; (रस्सी, डोरा आदिका) रन्ध्र, छिद्र, छेद, सूराख; (मुठियाका काम देनेवाला) चक्कर, धातुकी अँगूठी या घेरा; रेलवे-शाखा; तारकी शाखा; केन्द्रापगामी रेलवे चक्कर; (स्केटिंग) स्केट-की नोकसे बनाया गया घेरा; काटनेवाला घुमाव या चक्कर; तोरण; ~-line (रेल या तारका) चक्कर, छोटी लाइन जो बड़ी लाइनसे निकलकर फिर उसीमें आ मिलती है;

~ aerial, ~ conductor, ~ gauge, ~ pile.

loop[2] v.t. & i. पाश बनाना, फन्दे डालना; (कीड़ेका) कुण्डली बनाना; चक्करमें फाँसना, चक्करमें घेरना।

loop[3] n. (क्व०) = LOOPHOLE.

looper n. पाशक, फन्दा डालनेवाला; उत्कुब्जग, (कुण्डली बनाकर रेंगनेवाला एक कीड़ा); (सीनेकी मशीन) बखियेकी सुई, हुक, लूपर।

loophole[1] n. रन्ध्र, छिद्र, छेद, गवाक्ष, मोखा, झरोखा, सूराख; निर्गम, निकासी, बचावका रास्ता।

loophole[2] v.t. (दीवार आदिमें) छिद्र करना, मोखा या झरोखा बनाना।

loop-holed a. छिद्रमय, मोखेवाला, झरोखेदार।

loopy a. (स्केटिंगमें) एक सिरेपर चक्कर या घेरा बनानेवाला; सनकी, झक्की।

loose[1] n. उद्गार, स्वतन्त्र-व्यंजना (*give ~ or a ~ to* one's *feelings*); शिथिल नाटक; ~ box घुड़सार जिसमें घोड़ा खुला रहता है।

loose[2] v.t. नियन्त्रण हटाना, मुक्त करना, स्वतन्त्र

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

करना, छोड़ना, खोलना; ढीला करना, उतारना, (बाण, बन्दूक आदि) छोड़ना, चलाना, दागना; ~ *hold* ढीला करना।

loose[3]* a. अबद्ध*, असंवेष्टित, बन्धनमुक्त, प्रमुक्त, खुला हुआ; (रसा०) असंयुक्त; स्वतन्त्र, स्वच्छन्द, मुक्त, बेरोक (*get* ~); अंशतः स्वतन्त्र, झूलता हुआ; अस्थिर, अदृढ़, शिथिल, विगलित, ढीला*; फुसफुस, विरल, असंहत, छिदरा, झीना, झरझरा (~ *fabric*); वितथ, असम्बद्ध, अनियत, अनिश्चित, अनिर्णीत, अस्पष्ट; (शैली) अव्याकरण-सम्मत; (कर्ता) शिथिलक्रिय; दुर्वृत्त, अनवस्थ, निर्मर्याद, भ्रष्ट, व्यभिचारी, व्यसनी, दुराचारी, अश्लील (~ *character, conduct*); अव्यवस्थित, असंयत, उच्छृंखल; ~ tongue वाचाल, बहुवादी, गपगपी, बड़बड़ानेवाला; *at a* ~ *end* बेकारीकी अवस्थामें; *break* ~ भाग निकलना; *let* ~ छोड़ना, रिहा करना; *on the* ~ आनन्द-मग्न, रंगरेलियाँ मनाते हुए; *with a* ~ *rein* ढीली लगामसे; (ला०) नरमीसे;

~ bulk, ~ cards, ~ cloth, ~ form, ~ grain, ~ jute, ~ knot, ~ leaf, ~-leaf book, ~ ledger, ~ pulley, ~ rock, ~ sand, ~ sediment, ~ shunting, ~ soil, ~ tools, ~ wool.

loosen v.t. & i. स्वतन्त्र करना, प्रमुक्त करना, अबद्ध करना, आजाद करना या होना, खुलना, छोड़ना, छूटना, रिहा करना या होना, खोल देना; शिथिल करना या होना, ढीला करना या होना; अजीर्ण दूर करना, कब्ज दूर करना, दस्त लाना; (खाँसीका) सूखापन दूर करना।

loosener n. विरेचक औषध, दस्तावर दवा।

looseness n. स्रंस, शैथिल्य, शिथिलता, ढीलापन; विरलता; व्यसनिता, लम्पटता, दुराचार, व्यभिचार; अदृढ़ता, अनियतता, अनवस्था; दस्त, पेटका चलना।

loosening n. शिथिलीकरण, मोचन, मोक्षण।

loosish a. शिथिलप्राय, ढीला-सा।

loot[1] n. लूट; लूटका माल; उत्कोच, रिश्वत, घूँस।

loot[2] v. t. & i. लूटना, लूट-पाट करना।

looter n. लुटेरा।

lop[1] n. शाखा-कर्तन, छत्रकर्तन, कतरन, छाँटन, छँटाई, काट-छाँट (~ *& crop*, ~ *& top*)।

lop[2] v.t. & i. कर्तन करना, छाँटना, कतरना, छिन-गाना; छिन्न-भिन्न कर डालना, काट डालना; (काटनेके लिए) प्रहार करना, छेव मारना; लटकना, कटना।

lop[3] n. (~-*ear*) लटकते कानवाला खरगोश; ~-eared लटकते कानोंवाला।

lop[4] v. i. & t. (कान इत्यादिका) ढीला लटकना; बेढंगेपनसे खड़ा होना या बैठना; बेकार फिरना, आवारागर्दी करना।

lop[5] n. (जलका) लघु ऊर्मिल प्रवाह, छोटी लहरियोंसे युक्त धारा।

lop[6] v. i. छोटी लहरियोंमें प्रवाहित होना, जलतरंग बनना।

lope n. & v. i. (विशे० जानवरका) छलाँगें (भरना), कूदना।

lopper[1] n. पेड़ काटनेवाला।

lopper[2] v. i. आलोड़ित करना, मथना।

lopping n. शाखाकर्तन, काटछाँट, डालकटाई; (pl.) काटन-कूटन, छिनगाई हुई टहनियाँ।

loppy a. लटकते कानवाला।

lopsided a. उलार, एक ओर भारी।

lop-sidedness n. एक ओर भारी होना।

loquacious a. वाचाल, बहुवादी, मुखर, जल्पक, बातूनी, बकवादी, चिबिल्ला, बक्की, गप्पी; (पानी) कल-कल-ध्वनि-युक्त; (पक्षी) कूजनशील, चहचहानेवाला, बोलता।

loquaciousness n. वाचालता, बहुवादिता, बहु-भाषिता, मुखरता, जल्पकता, बातूनीपन, चिबिल्लापन, बकबकीपन, गप्पीपन।

loquacity n. दे० LOQUACIOUSNESS.

loquat n. लौकाट (पेड़ और फल)।

lorate a. = LIGULATE.

lorcha n. (एक प्रकारका पोत), लोर्चा।

lord[1] n. श्रीपति, अधिपति, प्रभु, स्वामी, शासक, सरदार, राजकुमार; सबसे बड़ा व्यापारी (~*s of cotton*); सामन्त, नवाब, जागीरदार, लाट; धनी, अमीर, रईस; नायक, नेता; (का० एवं हास्य०) भर्ता, पति, नाथ; (फ० ज्यो०) प्रबल नक्षत्र, सितारा; (प्रायः *the L*~) प्रभु, ईश, ईश्वर; ईसामसीह, क्राइस्ट; (पार्लामेण्टके) श्रीपति (~ *spiritual, temporal*), लार्ड; महा, प्रधान (*L*~ *Chancellor, Justice*), उच्चराजकीय आयोगके सदस्य, श्रीपतिक आयुक्त; ~s of creation मनुष्य; L~'s prayer ईसामसीहकी प्रार्थना; L~'s supper (ईसाके अन्तिम भोजनका स्मारक) अनुष्ठान, उत्सव; L~'s table गिर्जेकी वेदी; our L~ ईसा, यशू; year of our L~ सन् ईस्वी।

lord[2] v. i. & t. प्रभुत्व जमाना, शासन करना, हुक्म चलाना; लार्डकी उपाधि प्रदान करना, लार्ड बनाना।

lordless a. श्रीपतिहीन, अधिपतिरहित, स्वामिरहित, प्रभुविहीन, बिना सरदारका, बे-लार्ड।

lord-like a. तेजस्वी, राजसदृश, रोबदार; =LORDLY.

lordliness n. श्रीपतित्व, आधिपत्य, स्वामित्व, प्रभुत्व, सामन्तत्व, रईसी, साहबी, अमीरी; तेजस्विता, ओजस्विता; दर्प, गर्व, अहंकार, शेखी।

lordling n. लघु श्रीपति, क्षुद्र अधिपति, नाममात्रका राजा, छोटा अमीर।

lordly a. महत्, महान्, प्रभुयोग्य, राजार्ह, राजोचित, सामन्त जनोचित; सदर्प, गर्वित, धृष्ट, साहंकार, अभिमानी, घमण्डी; उन्नत, उदात्त; तेजस्वी, ओजस्वी, दीप्तिमान्।

lordolatory n. प्रभु-सेवा, स्वामिपूजा, श्रीपति-पूजा, लक्ष्मीपति-पूजा, उमरा-परस्ती।

lordosis n. अस्थि-वक्रता (विशे० रीढ़की)।

lordship n. प्रभुत्व, श्रीपतित्व, आधिपत्य, स्वामित्व, शासन, अधिकार, अधिकार-क्षेत्र; प्रदेश, राज्य, जमीन्दारी,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

जागीर; प्रासाद; लार्डका व्यक्तित्व; your ~ श्रीमन्, अत्रभवान्; his ~ तत्रभवान् ।

lore[1] n. नियम, सिद्धान्त; विद्या, ज्ञान, विद्वत्ता, पाण्डित्य; जनश्रुति-संकलन, तथ्य-संग्रह ।

lore[2] n. (प्राकृ० इति०; चिड़ियोंकी आँखों और ऊपरी जबड़ेके मध्य) धारीदार जगह; (सर्पोंमें) आँख और नथुनेकी मध्यवर्ती धारी ।

lorette n. लम्पट, बदमाश आदमी; दरबारी ।

lorgnette n. वृन्तकाच, दूरवीक्ष ।

lorica n. (चमड़ेका) बटुआ, बेग ।

loricate[1] v.t. पटलाच्छादित करना, लेप चढ़ाना, मढ़ना ।

loricate[2] a. पटलयुक्त, (जन्तुवि०) कवचयुक्त, दृढ़ पटलाच्छादित, सुरक्षात्मक अस्थिमय ।

lorication n. आवरण, कवचाच्छादन, वसनाच्छादन ।

loriner n. धातुयन्त्रकार, धातुओंके औजार बनाने वाला, लोहार ।

lorn a. (का० एवं हास्य०) निर्जन, वीरान, उजाड़; एकाकी, परित्यक्त, अनाथ, अशरण, असहाय, खोया हुआ, गया बीता, बेचारा ।

lorry n. (ट्राम लाइनोंपर चलनेवाला) ठेला, ट्रक; (सैन्य०) निवहयान, भारयान, मोटर-लारी, छकड़ा ।

lory n. मधुशुक, (तोते जैसा पक्षी-विशेष), लोरी ।

losable a. खोने योग्य, हारने योग्य ।

lose v.t. & i. (p.p. *lost*) विहीन होना, वंचित होना, गँवाना, खोना; नष्ट हो जाना, लुप्त हो जाना, मिट जाना; दिवंगत हो जाना, मर जाना; क्षतिग्रस्त होना, असुविधामें होना, हानि उठाना; असमर्थ होना, असफल होना, विफल होना; समय नष्ट करना, अवसर खो देना, न पाना, न पकड़ पाना, न देख पाना, न सुन पाना; परास्त होना, दाँव खोना, हारना; विपथित होना, पथभ्रष्ट होना, विचलित होना, बहकना, भूलना, चूकना, भटक जाना; अप्रसिद्ध होना, विस्मृत होना; ~ *ground* गिरना; ~oneself घबड़ाना; ~ one's *temper* क्रुद्ध होना, झुँझलाना, बिगड़ना ।

losel n. (प्रा०) दुश्चरित्र, आवारा, निकम्मा ।

loser n. (प्रायः क्रियागत अर्थोंमें) खोनेवाला; दौड़में हारनेवाला व्यक्ति, रेसमें हारनेवाला घोड़ा; (बिलियर्ड) वह हाथ जिससे अपनी गेंद स्वयं थैलीमें चली जाय ।

loss* n. संक्षय, उपक्षय; अलाभ, क्षति, हानि, नुकसान*, कमी, घाटा*; लोप, च्युति, व्यय; (व्यक्ति, वस्तु, धनका) नाश; (हानिसे समुत्पन्न) अव्यवस्था; *at a* ~ स्तब्ध, किंकर्तव्यविमूढ़, हक्का-बक्का ।

lost दे० LOSE भी; लुप्त, खोया गया; गया-बीता; ~ bill, ~ deed, ~ note, ~ property, ~ ticket.

lot[1] n. नियति, दैव, भाग्य, भागधेय; दैवगति, भवितव्यता, (*it falls to me* or *my* ~) स्थिति, दशा; अंश, भाग, हिस्सा; निश्चय, चुनाव; (व्यक्तिविशेषका) भू-खण्ड, स्थान, भूमि, जगह ⊙; थोक माल, ढेर, नीलामकी ढेरी; सजातीय संख्या, सम्बद्ध मात्रा; पुष्कल परिमाण, भीड़-भीड़; भाग्यपत्र; गुटिका, गुट्टी; the ~ सम्पूर्ण, समग्र, साराका सारा; *cast* ~ पाँसा डालना; *draw* ~s गुट्टी चुनकर निश्चय करना ।

lot[2] v.t. विभक्त करना, हिस्से करना, बाँटना ।

lota n. लोटा ।

loth दे० LOATH.

Lothario n. (pl. *-s*) कामुक, लम्पट, लोथेरियो ।

lotion n. अवनेग, चर्मरोगकी द्रव औषधि, धावन औषध, लोशन; रंग साफ करनेकी दवा ।

lottery n. भाग्यदा, लाटरी; गुटिकापात; (ला०) भाग्यकी बात, भाग्यका खेल, किस्मतकी चीज, जुआ (*marriage is a* ~) ।

lotto n. जुएका खेल विशेष, ताशका एक खेल, लाटो ।

lotus n. जलज, पँकज, पद्म, कमल, कँवल; (मिस्र और एशियाकी) कुमुदिनी, नलिनी; ~-eater तन्द्रालु, निष्क्रिय; लोटस-भक्षी; ~-eating तन्द्रालुता, निष्क्रियता, आराम-तलबी; तन्द्रालु; ~ land तन्द्रा एवं विलासिताका स्थान ।

loud[1]* a. महत्, गुरु, उच्च, उत्ताल, ऊँचा*, भारी, जोरका; निर्घोषमय, कोलाहलपूर्ण; (रंग, परिधान इत्यादि) चाक-चिक्यपूर्ण, प्रदर्शनात्मक, भड़कीला, चमकदार; ~ speaker विपुल-भाष, ध्वनि-विस्तारक यन्त्र, लाउड स्पीकर ।

loud[2] adv. तालस्वरसे, जोरसे, ऊँचे स्वरसे; (*don't talk so* ~) ।

louden v. उच्चघोषयुक्त, (आवाज) ऊँची करना ।

loudish a. अंशतः उच्चस्वर-युक्त ।

loudness n. उच्चता, महत्त्व, उत्तालता; उद्घोषता, उच्चस्वरत्व, जोर, शोर ।

lough n. अम्बुधि, सागर, समुद्र; समुद्रबाहु, झील ।

lounge[1] n. पर्यटन-प्रवृत्ति, परिभ्रमणकी चाट, मटरगश्ती; भ्रमण या अटनका स्थान, (विशे०) प्रवेश-कक्ष, बरामदा या गैलरी; विश्रामकक्ष; उपवेशिका, मकानका बैठकखाना; कोच, सोफा, आराम-कुर्सी; सुतल्प; ~ suit साधारण कपड़े ।

lounge[2] v. i. & t. मन्दगमन करना, आवारागर्दी करना, मटरगश्ती करना; (आलस्यमें) कालक्षेप करना, समय गँवाना ।

lounger n. आलसी व्यक्ति, आलसी, प्रमादी, कालक्षेपक, उदासीन; आवारागर्द ।

lounging १. n. आलस्य; २. a. अलस, मन्द ।

loup v. i. नृत्य करना, नाचना; फुदकना, कूदना, फाँदना; भागना ।

lour[1], **lower**[1] n. भ्रूक्षेप, घुड़की, कड़े तेवर; (आकाश आदिकी) सघनता, आच्छन्नता, अवसादमयता ।

lour[2], **lower**[2] v. i. भ्रूक्षेप करना, भृकुटी चढ़ाना, क्रुद्ध होना, घुड़कना, माथेपर बल डालना, त्यौरियाँ चढ़ाना ।

loury, lowery aa. आच्छन्न; श्याम, कृष्ण, काला ।

louse n. (pl. *lice*) यूक, यूका, जूँ, जुँआ; परोपजीवी; स्तनपायी जीव ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

lousiness n. यूकमयता, यूकापूर्णता।
lousy a. बहुयूक, यूकापूर्ण, जुओंसे भरा हुआ; (आ० भी) घृण्य, घिनौना, नीच, अधम, कमीना।
lout[1] n. ग्रामीण, अशिष्ट व्यक्ति, गँवार आदमी, उजड्ड आदमी, देहाती, अनाड़ी।
lout[2] v.t. (प्रा०) नम्र होना, नत होना, सादर झुकना।
loutish a. अभद्र, अशिष्ट, ग्राम्य; स्थूलमति, उल्लू, गँवार।
loutishness n. अभद्रता, अशिष्टता, गँवारपन, उजड्डपन।
louver, -vre nn. तिर्यग्वातायन, धूमरन्ध्र, धूमनिर्गम, धूमपथ, धुँआरा; रन्ध्रपटल, तख्तोंका रोशनदान।
louvered a. तिर्यग्वातायनमय, धूमपथ-युक्त, धुँवारादार।
lovable a. प्रिय, स्नेहार्ह, प्यारा।
lovableness n. प्रियता, स्नेहार्हता, प्यारापन।
lovage n. यवानी, अजमोदा, अजवाइन, लवेज।
love[1]* n. प्रेम*, प्रणय, स्नेह, राग, प्रीति, रति, चाह, अनुराग, प्यार*; काम-वासना, वात्सल्य; प्रेमभाव, शृंगार, शृंगारभाव, प्रेमदेव, मदन, कामदेव; प्रेयसी, प्रणयिनी, प्राणवल्लभा; प्रेमपात्र, प्रिय व्यक्ति, सुन्दर वस्तु; (खेल) शून्य, रिक्त; ~ all (खेलमें) दोनों ओर शून्य; ~-apple टमाटर; ~-begotten जारज, हरामी; ~-child अवैध सन्तान, जारज सन्तान; हरामी बच्चा, ~-feast (सामान्य आमोदार्थ) भोज, दावत; ~-in-a-mist अपर्याप्त साधनोंमें विवाह; ~-knot दुहरी गाँठ; ~-letter प्रणयपत्र, प्रेमपत्र; ~-lorn प्रेमोपेक्षित; ~-making प्रेम-विहार, प्रणय करना, प्रेम करना; ~sick प्रेमातुर, प्रणय-विह्वल, कामार्त, अनंगतप्त, विरही, वियोगी; *be in, fall in,* ~ प्रेमासक्त होना, प्रणयलिप्त होना; *labour of* ~ आनन्दपूर्ण कार्य या श्रम, परस्वार्थका कार्य; *for the* ~ *of* के निमित्त, के नामसे; *my* ~ दयित, दयिता, प्रिय, प्रियतमा; *play for* ~ केवल मनोरंजनके लिए खेलना; *there is no* ~ *lost between them* परस्पर घृणा करते हैं;
~-affair, ~-bitten, ~-crossed, ~-entangled, ~-filter, ~ grass, ~lock, ~-mad, ~ match, ~-smitten, ~-song, ~-starved, ~-story, ~-stricken, ~-token.
love[2] v.t. & i. प्रणय करना, अनुराग करना, प्रेम करना, प्यार करना; प्रशंसा करना, प्रशंसासे प्रसन्न होना; प्रवृत्तिशील होना, झुकाव होना (*children* ~ *to ape their elders*); (बोल०) हर्ष-पूर्वक करना, चाहना, पसन्द करना (*I should* ~ *to come*)।
loved a. प्रिय, कान्त, वल्लभ, प्यारा।
Lovelace n. लम्पट, व्यभिचारी, लवलेस (नाम)।
loveless a. अप्रिय, असुन्दर; प्रेमविहीन, प्रेमशून्य।
lovelessness n. प्रेमराहित्य, प्रेमाभाव।
lovelihead n. सौन्दर्य, कमनीयता, मनोहरता।
loveliness n. कान्ति, सौन्दर्य, शोभा, लावण्य, चारुता, अभिरामता, चित्ताकर्षकता।
lovely a. कान्त, शोभन, सुभग, सुन्दर, प्रिय, चारु, मंजु, मंजुल, मनोरम, मनोहर, प्यारा, अभिराम, कमनीय, ललित, रमणीय; (बोल०) मुग्धकर, हर्षवर्द्धक, आनन्दकारक, दिलचस्प।
lover n. प्रेमी, प्रणयी, अनुरागी, कान्त, वल्लभ, चाहनेवाला; (pl.) प्रेमी युग्म; जार, स्त्री-लोलुप, यार।
lovey n. (प्रेमपूर्ण सम्बोधन) प्रिये, प्यारी।
loving a. प्रिय, प्रेमी, प्रणयी, स्नेही, अनुरागी (*your* ~ *friend*); प्रेमव्यंजक, प्रेमप्रकाशक, प्रणयदर्शक, प्रेममय, प्रणयपूर्ण; प्रणय-जन्य, प्रेम-जनित; ~ kindness कृपा, अनुग्रह, हार्दिक सम्मान।
lovingness n. प्रेम, प्रणय, स्नेह, अनुरागशीलता।
low[1] n. रेभण, रम्भण; हंभा, हंभारव, राँभ, डिडकार।
low[2] v. i. & t. रेभण करना, हंभारव करना, राँभना, (गाय बैलकी तरह) डडकारना, बाँ-बाँ करना।
low[3] n. निम्न या नीचा (व्यक्ति या वस्तु); निम्नताप-क्षेत्र; (⊙) निम्नतल, निम्नस्तर, निम्न आकार।
low[1]* a. निम्न, अधःस्थ, नीचा*, निचला*, अतुंग, अनुच्च, छोटा (~*house, stature*); नीच*, अधम, ओछा; अवर, अश्रेष्ठ, हीन, खल, अवरेण्य, क्षुद्र, अशिष्ट, निर्मर्याद, सामान्य, साधारण; निकृष्ट, अपकृष्ट, तुच्छ, अश्लील, कमीना, छिछला, ग्राम्य, भोंडा, भद्दा; रूक्ष, निःसार, निःसत्त्व, निस्तेज, निष्प्राण, शीर्ण, दलित; अपोषक, अपौष्टिक; (स्वर) मृदु, कोमल, मन्द, अनुदात्त; धीमा, हलका (~ *fever*), कम, थोड़ा; रिक्त, समाप्त, समाप्तप्राय; अभिनव, प्रत्यग्र, नवीनतम, ताजा; (~*church* भी) बिशपोंकी अवज्ञा करनेवाला, अधार्मिक, धर्मविरोधी; अयाजकीय, अपुरोहितीय; ~-bred कुपोषित, अच्छी तरह न पाला-पढ़ाया गया; ~brow असंस्कृत रुचि; ~browed छोटे मत्थेवाला; L~ Church (इंग्लैण्डके गिरजेकी शाखा-विशेष) लो चर्च; L~ Countries नीदरलैण्ड्स, हालैण्ड और बेल्जियम; ~-down ⊙ वस्तु-स्थिति; ~-down नीच, अधम, कमीना; ~ dress छातीके ऊपर नंगा कपड़ा; ~ land निम्न देश, L~-land (a.) लोलैण्ड-सम्बन्धी; ~ latitudes निम्न अक्षांश, विषुवत् रेखाके निकटवर्ती अक्षांश; ~ life निम्न वर्गका जीवन; ~-minded नीच, असभ्य, असंस्कृत, कमीना; L~ Sunday ईस्टरके बादका रविवार; *at* ~*est* कम-से-कम; *bring* ~ अपकर्ष करना, अवनति करना, ह्रास करना, पतन करना; *high &* ~ प्रत्येक, सभी; *in* ~ *water* दरिद्र; संकटमें, कष्टमें, किसी कठिनाईमें; *lay* ~ नीचा दिखाना, पछाड़ देना; *lie* ~ (थककर) गिर पड़ना, दुबक जाना; (आ०) मौन रहना, अवसरकी घातमें रहना, प्रतीक्षामें रहना;
~ altitude, ~ altitude fighter, ~ altitude plantations, ~ birth, ~-bombing, ~-born, ~-bowed, ~browed, ~ caste, ~-caste quarters, ~-ceilinged, ~ cloud, ~ comedy, ~ condition,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ conducting, ~ conductor, ~ country, ~ cover, ~ diet, ~ diligence, ~ duty area, ~ exchange, ~-flung, ~ forehead, ~ forest, ~ forking, ~-frequency current, ~-geared, ~-grade ~-grade metamorphism, ~ head, ~-head plant, ~-heeled, ~land plain, ~ level, ~ lying, ~-lying area, ~ magnifying power, ~ masonary weir, ~ neck, ~-necked, ~ pitch, ~-pitched, ~ power, ~ pressure, ~ pressure area, ~ price, ~-priced, ~-principled, ~-purposed, ~ quality site, ~ rainfall, ~rates, ~ relief, ~-set, ~ shade, ~-sided trunk, ~-sided wagon, ~ spirits, ~-spirited, ~-spoken, ~ stumps, ~ temperature, ~ tension, ~ thinning, ~ tide, ~ tide mark, ~-tongued, ~-value stamps, ~-voiced, ~ voltage, ~ wages ~-waisted, ~ water, ~ wattage, ~-wheeled, ~ wine, ~-witted.

low[5] adv. नीचे, तले, अवर स्थितिमें, निम्न अवस्थामें, (जैसे, *hangs ~*); अपर्याप्त; निःसत्त्व आहारपर (जैसे, *live ~ for a time*); स्फुट स्वरमें, मन्द-मन्द स्वरमें, धीरे-धीरे, धीमे (*talk ~*); निकट कालमें, अभी हालमें (जैसे, *find it as ~ as the 18th century*); *~ down* बहुत नीचे।

lower[1] v.t. & i. उतारना, झुकाना, नीचा करना; (नौवि०; नौकाका) सिन्धुमें जलावतरण करना, पाल खोलना; लम्बाई कम करना, ऊँचाई घटाना; (मूल्य आदिका) ह्रास होना, घटना, गिरना, नीचे आना; (वेग या लय) कम होना या करना; अपचयन करना, अपकृष्ट करना, असम्मान करना; स्वास्थ्य घटना, तन्दुरुस्ती गिरना।

lower[2] v. i. तिमिरावृत होना, मेघाच्छन्न होना; भृकुटी चढ़ाना।

lower[3] a. (*comp.*) नीचस्थ, निम्नतर, निचला आदि (*~ orders and clauses*);

~ boundary, ~ case, ~ class, ~ court, ~ criticism, ~ deck, ~ House, ~ jaw, ~ pitch, ~ post, ~ school, ~ storey, ~ world.

lowering १. n. नीचे करना, उतारना आदि क्रियागत अर्थोंमें; दुर्दिन, तम, अँधेरा; २. a. अन्धकारमय, अँधेरा, मेघाच्छन्न, तमोवृत, बदलीदार।

lowermost a. अधस्तम, निम्नतम, सबसे निचला।

lowing १. n. हम्भा, (गाय इत्यादिका) रम्भण, राँभना, बँबाना; २. a. रँभानेवाली।

lowish a. निम्नप्राय, अंशतः नीचा।

lowliness n. निरहंकार, विनय, सुशीलता, शालीनता, नम्रता।

lowly a. विनीत, विनयशील, सुशील, शालीन, नम्र, निरभिमान, अनुद्धत, अनहंकार, सीधा-सादा।

lowness n. निम्नता, नीचता, अधमता, हीनता, ओछापन, नीचापन, निचाई; अवसन्नता, विषाद, दैन्य, उदासी, विषण्णता, खिन्नता।

loxodromic a. (नौवि०) तिर्यक् सन्तरण-सम्बन्धी।

loyal a. & n. विश्वासी, विश्वास-भाजन, कृतज्ञ, वफादार, नमकहलाल; राजनिष्ठ, देशभक्त, भक्त, आसक्त, राजभक्त, निष्ठावान्, अनुरागी; वशवर्ती; प्रणयमें अविचलित, पक्का, सच्चा।

loyalism n. राजभक्ति, भक्ति।

loyalist a. राजभक्त, राज्यनिष्ठ, भक्त।

loyalize v.t. राजभक्त बनाना, राज्यनिष्ठ बनाना आदि।

loyalty n. निष्ठा, भक्ति, प्रभुभक्ति, राजभक्ति, दृढ़भक्ति, स्वामिभक्ति, सतीत्व, आसक्ति, अनुराग; वाध्यता, वफादारी, नमकहलाली।

lozenge n. विषमकोण समचतुर्भुजाकार हीरक-विशेष; विषमकोण समचतुर्भुजाकार शील्ड; खिड़कीका विषमकोण समचतुर्भुजाकार शीशा; चूषिका, टिकिया, मिठाईकी गोलियाँ।

lozenged a. विषमकोण समचतुर्भुजाकार; (खिड़की) विषमकोण समचतुर्भुजाकार शीशेवाली।

£. s. d. n. पौण्ड, शिलिंग और पेंस; धन, सम्पत्ति, रुपया-पैसा।

lubber n. स्थूलमति, मूर्ख, लण्ठ, गोबर-गणेश, बुद्धू, गँवार; स्थूलजन, कदाकार-व्यक्ति, बेढंगा तैराक।

lubberlike a. कदाकार, भद्दा, बेढंगा।

lubberliness n. कदाकारता, भद्दापन, गँवारपन, हँसोड़पन।

lubberly a. & adv. स्थूल, कदाकार, भद्दा, बेढंगा, बेडौल, फूहड़।

lubric a. पिच्छिल, चिक्कण, चिकना, फिसलनेवाला, चंचल।

lubricant a. & n. स्नेहक, उपस्नेह, स्निग्ध, उपस्नेहक (द्रव्य)।

lubricate v.t. समान करना, चौरस करना; उपस्नेहन करना, अभ्यंजन करना, स्निग्धीकरण करना, चिकना करना, पिच्छिल करना।

lubricating १. n. उपस्नेहन, स्निग्धीकरण, चिकनाना; २. a. उपस्नेहक, चिकनानेवाला (*~ oil*)।

lubrication n. स्नेहन, उपस्नेहन, अभ्यंजन, स्निग्धीकरण, चिकनाना, तेल देनेका कार्य; चिक्कणता, चिकनाहट।

lubricator n. उपस्नेहक, चिकनानेवाला; तेल देनेकी कुप्पी।

lubricious, lubricous aa. मेदुर, श्लक्ष्ण, स्निग्ध, चिक्कण, चिकना; पिच्छिल; प्रियंवद, प्रियभाषी, मिठबोला, चाटुकार; कामुक, लम्पट।

lubricity n. मेदुरता, श्लक्ष्णता, स्निग्धता, चिक्कणता, फिसलन, चिकनाहट; पिच्छिलता; प्रियंवादिता, चाटुकारी; कामातुरता, कामुकता, लम्पटता।

lucarne n. (गिर्जेके जीनेमें बना हुआ) लघु वातायन,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: KS

छोटी खिड़कियाँ।

Lucca n. (~ *oil*) अच्छी किस्मका जैतूनका तेल।

luce n. (मत्स्य विशेष), ल्यूस।

miscount १. n. अशुद्ध गणना, गलत गिनती; २. v.t. & i. अशुद्ध गणना करना या होना, गलत गिनती करना या होना।

miscreant १. n. अधम, नीच, खल, कुकर्मी, लुच्चा; (प्रा०) आडम्बरी, पाखण्डी; २. a. दुर्वृत्त, दुराचारी, पापी, दुरात्मा, भ्रष्ट; (प्रा०) आडम्बर-सम्बन्धी, पाखण्ड-सम्बन्धी।

miscreate a. दुर्निर्मित, विकृत, विरूप।

miscreation n. दुर्निर्माण, अपकृत, विकृति।

miscreative a. अपसृजनशील, अपरचनाकी ओर प्रवृत्त।

mis-cue n. (बिलियर्ड) बिगड़ी हुई चोट।

misdate v.t. अशुद्ध तिथि लिखना या देना, गलत तारीख लगाना या देना।

misdeal १. n. ताश बाँटनेकी गलती; २. v.t. & i. ताश बाँटनेमें गलती करना।

misdealing n. (ताशमें) गलत वितरण, गलत ढंगसे पत्ते बाँट देना।

misdeed n. अपक्रिया, दुष्कृति, कुकृत्य, कुकर्म, दुष्कर्म, पाप, दुराचार, बुरा काम; अपराध।

misdeem a. मिथ्या अनुमान करना, गलत अनुमान करना।

misdemean v. i. दुर्व्यवहार करना, कुचाल चलना।

misdemeanant n. दुराचारी व्यक्ति, दुश्चरित्र व्यक्ति।

misdemeanour n. दुष्कर्म, दुर्वृत्ति, अन्यायाचरण, दुराचरण, असदाचरण; उप-अपराध, सामान्य अपराध।

misdirect v.t. अपनिदेशन करना, अशुद्ध निदेश देना, दिग्भ्रान्त करना, गलत रास्ता बताना या दिखाना, बहकाना; चूकना, गलत रुखपर वार करना।

misdirection a. अपनिदेश, अशुद्ध निदेश, विमार्ग-दर्शन, दुर्निर्देशन, कुपथ-नयन, मिथ्योपदेश, दुर्निदेश, दिशाभूल; दुर्लक्ष्य, गलत वार।

misdo v.t. पापाचार करना, अपराध करना, बुरा काम करना।

misdoer n. पापात्मा, पापी, अपराधी, कुचाली, दुष्ट।

misdoing n. पापाचार, दुराचार, कुकर्म, कुचाल।

misdoubt v.t. अविश्वास करना, प्रतीति न करना; (किसीके सम्बन्धमें) शंका करना, सन्देह करना।

mise n. खर्च; नये राजाका नजराना; सहमतिसे पुराने झगड़े का निपटारा, समझौता; जुएका एक दाँव।

miseducate v.t. कुशिक्षा देना, गलत शिक्षा देना।

misemploy v.t. अशुद्ध प्रयोग करना, गलत लगाना।

misemployment n. असद्व्यय, कुप्रयोग, अशुद्ध प्रयोग, गलत लगाव।

misentry n. अशुद्ध लेख-प्रविष्टि, गलत इन्दराज।

miser[1] n. कृपण, कदर्य, कंजूस, मक्खीचूस, सूम; लोभी, लालची।

miser[2] n. कुआँ खोदनेका यन्त्र।

miserable a. दयनीय; विपन्न, आर्त, विपद्ग्रस्त, निरानन्द, दुःखी; घृणित, घृणायोग्य; मन्दभाग्य, अभागा, कमबख्त; नीच, कमीना।

miserableness n. दीनता, दयनीयता, गरीबी; दुर्भाग्य, कमबख्ती।

misere n. (ताशमें) चाल बन्द करनेकी घोषणा।

miserere n. टेर, पुकार, दयाके लिए चीत्कार; (असंगत) चीत्कार; इक्कावनवाँ स्तोत्र (*M~ mei Deus*)।

misericord n. (रोममें) पोपका क्षमादान या पाप-मोचनका कमरा; एक बारमें सिर उड़ा देनेवाली कटार; गिर्जाके पूर्वी भागमें गानेवालोंके खड़े होनेकी टेक।

miserliness a. कृपणता, कंजूसी।

miserly a. अदानशील, कृपण, कंजूस, मक्खीचूसकी तरह, सूम।

misery n. विपत्ति, सन्ताप, वेदना, दुःख; दैन्य, दुर्दशा, दीनावस्था, विकृत मस्तिष्क अथवा दुर्गति; क्लेश, कष्ट, मुसीबत, आफत; (ताशके खेलमें, बोल०) चाल बन्द करनेकी घोषणा।

misesteem[1] n. अनादर, अपमान, बेइज्जती।

misesteem[2] v.t. अयथार्थ अनुमान करना; गलत मूल्य आँकना।

misestimate v.t. अयथार्थ अनुमान करना, गलत अन्दाज लगाना।

misfeasance n. (का०) अधिकारका दुरुपयोग, अपकरण, अधिकारका अनुचित प्रयोग।

misfeature n. विकृति, विकार, कुरूपता, विकलांगता।

misfeaturing a. विकारी, विकारोत्पादक, कुरूप बना देनेवाला।

misfire १. n. बन्दूकका न दगना; इंजनका न चलना; २. v.t. (बन्दूक, इंजन आदिका) न चलना, ठुस या फिस

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri Funding:IKS

करना, रुक-रुक जाना।

misfit n. अयुक्त वस्तु, अनुपयुक्त व्यक्ति या वस्त्र।

misform v.t. विकृत करना, वक्र बनाना, टेढ़ा-मेढ़ा बनाना, बदशक्ल करना।

misformation n. वक्रायन, कुरूप बनावट।

misfortunate a. मन्दभाग्य, अभागा, बदकिस्मत।

misfortune n. दुर्भाग्य, अभाग्य, विपत्ति, अनर्थ, अनिष्ट, मुसीबत; दुर्गति; ~ *never comes alone* कोढ़में खाज, गरीबीमें आटा गीला।

misgive v.t. सन्देहपूर्ण करना, अविश्वास करना अथवा आपत्तिकी पूर्वसूचना देना, माथा ठनकना; *mind ~s him* उसे सन्देह है, उसे धोखा है, उसे आपत्तिकी पूर्वसूचना है।

misgiving n. संशय, शंका, सन्देह, अविश्वास, भ्रम, शक, अन्देशा; अनिष्ट-शंका, भय, डर।

misgotten a. अपार्जित, बुरी तरह कमाया हुआ।

misgovern v.t. कुशासन करना, अन्यायपूर्वक राज्य करना, बुरी तरह शासित करना।

misgovernment n. कुशासन, अन्यायी शासन, बुरा राज।

misgrowth n. अस्वाभाविक वृद्धि, अप्राकृतिक ढगसे बढ़ना।

misguidance n. असन्मार्ग-निर्देशन, विपथप्रदर्शन, गलत निर्देश करना।

misguide v.t. कुपथमें ले जाना, अशुद्ध विचार कराना अथवा गलत काम कराना, बहकाना, गुमराह करना, भुलाना, गलत रास्तेपर डालना।

misguided a. मार्गभ्रष्ट, सत्पथच्युत; कुमन्त्रित; कुचाली।

mishandle v.t. (वस्तुका) दुरुपयोग करना, गलत ढंगसे इस्तेमाल करना; धृष्ट व्यवहार करना, दुर्व्यवहार करना अथवा असभ्य व्यवहार करना, बुरी तरह पेश आना।

mishap n. अनिष्टपात, अनर्थ, दुर्घटना; आपत्ति, विपत्ति।

mishappen v.t. दुर्घटित होना, बुरा होना।

mishear v.t. पूरी तरहसे न सुनना, ठीक-ठीक न सुनना, औरका और सुनना।

mishit v.t. वेतुकी चोट करना।

mishmash n. खिचड़ी, गड्डमड्ड, घालमेल, गड़बड़ी।

Mishna(h) n. यहूदियोंका मौखिक कानून, मिशना।

misinfer v.t. असत्य अनुमान करना।

misinform v.t. झूठा समाचार देना, गलत खबर देना; कुमार्गमें ले जाना, धोखा देना, बहकाना।

misinformant a. असत्य संवाददाता, झूठी खबर देनेवाला।

misinformation n. झूठी सूचना, गलत खबर।

misinformer n. असत्य संवाददाता, झूठी खबर देनेवाला।

misinstruct v.t. गलत निर्देश देना।

misinstruction n. कुशिक्षण, असत्य निर्देश।

misintelligence n. भ्रमात्मक समाचार, झूठी अफवाह।

misinterpret v.t. अपनिर्वचन करना, अशुद्ध निर्वचन करना, अनर्थ करना, झूठा अर्थ लगाना, गलत मानी लगाना, औरका और समझना।

misinterpretation n. मिथ्यार्थ, अनर्थ, झूठा अर्थ, गलत मानी।

misjoin v.t. गलत तरीकेसे जोड़ना।

misjoinder n. दुस्संयोजन, अपयोजन, (दो वर्गोंका) अनुचित सम्पर्क।

misjudge v.t. & i. मिथ्या विचार करना, भ्रान्तमत होना या रखना; अयथार्थ अनुमान करना या लगाना, गलत राय लगाना।

misjudg(e)ment n. दुर्निर्णय, गलत फैसला।

misknow v.t. गलत जानना, गलत समझना।

mislay v.t. (किसी वस्तुको) खोना, अज्ञात स्थानपर रखना, इधर-उधर रख देना, बेजगह रखना।

mislead v.t. भ्रम पैदा करना, गलतफहमीमें डालना; पथभ्रष्ट करना, कुमार्गमें ले जाना, धोखा देना, भटकाना, भुलाना, बहकाना, भटका देना, गुमराह करना।

misleading a. भ्रामक, भ्रमकारी, भ्रान्तिजनक; ~ information, ~ statement.

misled a. = MISGUIDED.

mislike १. n. घृणा, द्वेष; २. v.t. & i. अप्रिय होना, अच्छा न होना, नापसन्द करना, घृणा करना।

mislippen v.t. अविश्वास करना, धोखा देना।

mismanage v.t. कुप्रबन्ध करना, अस्तव्यस्त कर देना, गलत करना, बिगाड़ना।

mismanagement n. दुर्निर्वाह, अव्यवस्था, दुर्णय, कुप्रबन्ध, बुरा प्रबन्ध।

mismarry v.t. अनुपयुक्त विवाह करना, बेजोड़ शादी करना।

mismatch v.t. बेमेल करना, ठीक जोड़ी न मिलाना, बेजोड़ लगाना।

mismated a. बेमेल, गलत जोड़ेका।

mismeasure v.t. गलत नापना।

misname v.t. अयथार्थ नामसे पुकारना, मिथ्या नामसे पुकारना, अशुद्ध नाम रखना, गलत नाम रखना, औरका और नाम पुकारना।

misnomer n. मिथ्यानाम, अपनाम, अयथार्थनाम, गलत नाम; शब्दका अशुद्ध प्रयोग।

misogamist n. विवाहद्वेषी।

misogamy n. विवाह-द्वेष, विवाहातंक, विवाहसे घृणा।

misogynic a. स्त्री-द्वेषी, स्त्रीद्वेष-सम्बन्धी।

misogynist n. स्त्री-द्वेषी, स्त्रीजाति-विद्वेषी, स्त्रीजातिसे घृणा करनेवाला।

misogyny n. परिणय-जुगुप्सा, विवाहसे घृणा, स्त्रीद्वेष, स्त्रियोंसे घृणा।

misologist n. वादद्वेषी; तर्कसे घृणा करनेवाला।

misoneism n. नवीनतासे घृणा करना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

misopaedist n. शिशु-द्वेषी ।
mispickel n. नेप-माक्षीक, संखिया-स्फटिक, एक प्रकारका विस्फोटक खनिज ।
misplace v.t. अस्थानमें रखना, कुठौरमें रखना, गलत हाथोंमे देना, बेठिकाने रखना; अयोग्य वस्तुपर स्नेह रखना; (असमयमें) कोई काम करना या कुछ कहना; भूलसे विश्वास जमाना, गलतीसे विश्वास करना ।
misplaced a. भ्रष्ट; खोया हुआ, बेठिकाने; अपात्र (*~ clemency*) ।
misplacement n. दुःस्थापन, अयोग्य वस्तुपर स्नेह; असमयका काम, असमयकी बात; निर्मूल विश्वास ।
misplead v.t. मिथ्या-विवाद करना, गलत बहस करना ।
mispoint v.t. गलत विराम लगाना ।
mispolicy n. दुर्नीति, असत्य नीति ।
misprint १. n. मुद्रणाशुद्धि, मुद्रण-दोष, छापनेकी अशुद्धि, छपाईकी भूल; २. v.t. अशुद्ध छापना, छापनेमें गलती करना ।
misprisal n. घृणा, तिरस्कार ।
misprise, -ize v.t. घृणा करना, हेय समझना, गलत समझना ।
misprised a. मिथ्या निर्णीत, गर्हित, घृणित ।
misprision[1] n. (कानून) अनुचित छूट या उपेक्षा, कर्तव्यच्युति, व्यतिक्रम; (सीमित अर्थमें) अपराध-संगोपन, घोर अपराधकी उपेक्षा अथवा राजद्रोह-सम्बन्धी जानकारीका छिपाव ।
misprision[2] n. भूल, गलती, चूक; मूल्यांकनमें भूल-चूक, मूल्यको ठीक समझनेमें गलती; (प्रा०) घृणा, नफरत ।
misprize v.t. तुच्छ समझना, कम मूल्य लगाना; घृणा करना, नफरत करना ।
mispronounce v.t. अशुद्ध उच्चारण करना ।
mispronunciation n. अशुद्ध उच्चारण ।
misquotation n. दुरावतरण, अशुद्ध उद्धरण, अशुद्ध प्रमाण ।
misquote v.t. अशुद्ध उद्धरण देना, अशुद्ध प्रमाण देना ।
misrate v.t. गलत कीमत लगाना, गलत कूतना ।
misread v.t. अशुद्ध पढ़ना, उलटा अर्थ निकालना, गलत पढ़ना ।
misreckon v.t. अशुद्ध गणना करना, गिनतीमें भूल करना, गलत अन्दाज करना ।
misrelate v.t. कुछ-का-कुछ वर्णन करना ।
misrelation n. अशुद्ध वर्णन ।
misremember v.t. स्मरणमें भूल करना ।
misreport १. n. मिथ्यानिवेदन; २. v.t. मिथ्या-संवाद देना, गलत समाचार देना ।
misrepresent v.t. वितथोपस्थापन करना, अशुद्धोपस्थापन करना, भ्रान्त कथन करना, अयथार्थ वर्णन करना, अयथार्थ रूपमें प्रकट करना, उलटा अर्थ निकालना, गलत बयान देना ।
misrepresentation n. मिथ्या वाद, वितथोपस्थापन, अशुद्धोपस्थापन, भ्रामक कथन, अपकथन, झूठ, अयथार्थ वर्णन, अयथार्थ प्रकटीकरण ।
misrepute v.t. कुख्यात करना, बुरा नाम फैलाना ।
misrule n. कुशासन, अन्धेर; बुरा राज्य; Abbot, Lord, Master, of M~ (इति०) बड़े दिनके उत्सवका सभापति ।
miss[1] n. भ्रंश, च्युति, लक्ष्य-च्युति, निशाना खाली जाना; भ्रम, भूलचूक, गलती; *a ~ is as good as a mile* चूक चूक ही है, जैसे थोड़ी चूक वैसे बड़ी चूक; *give a ~ to* टालना, हटाना, छोड़ना, रहने देना ।
miss[2] v.t. & i. असफल होना, न पाना, न मिलना; चूक जाना, छोड़ देना, छूट जाना, खो देना; (गाड़ी) छूट जाना, न मिलना; (अवसर) चूकना, जाने देना; (टीका-टिप्पणी, आलोचना आदि) समझनेमें असफल होना, न समझना; सुननेमें असफल होना; न सुनना; (*~ out* भी) (निश्चय) कार्यान्वित न कर सकना, पूरा न करना, न कर सकना; भूल जाना, छोड़ जाना (पढ़ने-लिखनेमें शब्द आदि); (इंजिनका) न चलना, रुक जाना; अभावका अनुभव करना, अभाव देखना; गलती करना, *~ fire* (बन्दूकका) न चलना, न दगना; (ला०) बहक जाना, लक्ष्य न पाना ।
miss[3] n. कुमारी, अपरिणीता, अविवाहिता बालिका या स्त्री; आधुनिक युगकी बालिका, आजकलकी लड़की, नई रोशनीकी लड़की; युवा स्त्री ।
missal n. कैथोलिक ईसाइयोंका प्रार्थना-ग्रन्थ, ईसाइयों-की सम्पूर्ण वर्षकी पूजाविधिका विवरण रखनेवाली पुस्तक ।
missay v.t. अपकथन करना, मिथ्या कहना, फिजूल कहना, गलत कहना ।
misseeming a. अनुचित, अयुक्त; गलत ।
missel n. (प्रायः *~-thrush*) एक प्रकारका गायक-पक्षी ।
missend v.t. गलतीसे भेज देना ।
misshape v.t. कुरूप बनाना, बदशक्ल करना ।
misshapen, -ed aa. विकृत, विकृताकार, विरूप, कुरूप, टेढ़ा, भद्दा, बदशक्ल ।
missile १. n. आयुध, अस्त्र, चक्र; यन्त्र २. a. क्षेपणीय, यन्त्र द्वारा चलनेवाला, इंजन द्वारा चलनेवाला, फेंककर मारने योग्य (वस्तु) ।
missing a. खो जाना (क्रियागत अर्थोंमें); भ्रष्ट, स्थान-च्युत, स्थान-भ्रष्ट, लुप्त, अविद्यमान, खोया हुआ, गायब (*there is a page ~*); *~ link* लुप्त कड़ी, बीचकी अप्राप्त कड़ी; (जन्तु) काल्पनिक मध्यस्थ जीव ।
mission n. बहिःप्रेषित दूतमण्डली, दूतमण्डल, शिष्ट-मण्डल; प्रचारक-मण्डल, धर्मप्रचारक संस्था, धर्मप्रचारक मण्डली, मिशन; देवविनियोग; व्रत, धर्म प्रचार, धार्मिक सेवा, सेवाव्रत; लोगोंके धर्म-परिवर्तनके निमित्त संगठन; धर्म-प्रचारकोंका कार्यक्षेत्र; धर्म-प्रसारार्थ पद, धर्मको फैलानेके निमित्त पद; कार्य, उद्देश्य, जीवनलक्ष्य, लक्ष्य; राजनैतिक सन्देश, दौत्य ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

missionary १. n. धर्मप्रचारक, उपदेशक, मिशनरी; अपराधियोंकी ओरसे पैरवी करनेवाले लोग; २. a. धर्म-प्रचारक-मण्डली-सम्बन्धी, धर्मप्रचारक-सम्बन्धी; प्रचारात्मक; ~ zeal प्रचारोत्साह, व्रत-संकल्प।

missioner n. स्थानीय धर्म-प्रचारक-मण्डलीका अध्यक्ष; धर्म-प्रचारक, मिशिनरी।

missis, -us n. = MISTRESS; स्वामिनी, घरवाली, मालकिन; the ~ श्रीमती, पत्नी, स्त्री।

missish a. कन्या-सम्बन्धी, छात्रा-सम्बन्धी, विद्यालयकी बालिकाका।

missishness n. छात्रात्व; बालापन।

missive १. n. लिखित सन्देश, पत्र, खत; २. a. मुक्त, प्रेरित, प्रेषित; letter(s) ~ राजाका विशपकी नियुक्तिका पत्र।

misspell v.t. अशुद्ध वर्तनी करना, गलत हिज्जे करना।

misspelling n. अशुद्ध वर्तनी, गलत हिज्जे।

misspend v.t. अपव्यय करना, बुरी तरहसे खर्च करना, गलत खर्च करना, फिजूल खर्च करना, उड़ा देना।

misstate v.t. अपकथन करना, मिथ्या वर्णन करना, झूठा बयान देना।

misstatement n. अपकथन, अशुद्ध कथन, मिथ्या वर्णन, झूठा बयान।

missus n. दे० MISSIS.

missy n. दुलारी, प्यारी बेटी।

mist* १. n. मेघधूम्र, धूमिका, कूहा, कुहासा, कुहरा, धुन्ध*, पाला; आँखोंके सामनेकी धुन्ध (शरीरकी शिथिलता अथवा अश्रुप्रवाहके कारण); २. v.t. कुहरा पड़ना; कुहासा हो जाना, धुँधला करना, कुहासेकी तरह ढँकना।

mistakable a. सन्दिग्ध, अशुद्धियोग्य, गलती होने लायक।

mistake[1] n. भ्रान्ति, भ्रम, अशुद्धि, भूल, गलती; (विचार अथवा कार्यमें) त्रुटि, दोष, प्रमाद, चूक; *and, or make, no* ~ निस्सन्देह, निश्चय।

mistake[2] v.t. & i. गलती करना, भ्रमपूर्ण विचार करना या होना, विचारमें भूल करना या होना; (कथन, कारण, व्यक्तिको) समझनेमें भूल होना या भूल करना, गलत समझना या समझाना।

mistaken a. भ्रान्त, भ्रमपूर्ण, भूलभरा; (कार्य आदि) मिथ्यानिर्णीत, अशुद्ध (~ *idea*); (विधेय) गलतीपर, अन्यथा (*you are* ~)।

mistakenness n. भ्रमपूर्णता, भ्रम, भ्रान्ति, अशुद्धि, गलती।

misteach v.t. मिथ्या शिक्षा देना, उलटी पट्टी पढ़ाना।

mistell v.t. मिथ्या वर्णन करना, गलत बयान करना; मिथ्या समाचार देना, गलत खबर देना।

mister १. n. श्रीयुत, श्रीमान्, श्री, महोदय, साहब, मिस्टर; उपाधिके रूपमें प्रयुक्त (*please don't call me* ~); साधारण व्यक्ति (*be he prince or mere* ~); २. v.t. महोदय कहकर पुकारना (*don't* ~ *me*)।

misterm v. i. झूठा नाम रखना, अनुचित ढंगसे नाम लेना।

mistful a. कुहासेसे ढका हुआ, कुहरेसे भरा हुआ, धुँधला।

mistigris n. ताशमें जोकरका खेल या पत्ता।

mistime v.t. असमय कार्य करना या कहना, कुसमय काम करना या बोलना; गलत अन्दाज करना।

mistiness n. अस्पष्टता, कोहरापन, धुन्ध, अँधेरा, धुँधलापन।

mistitle v.t. अनुपयुक्त उपाधि या शीर्षक देना।

mistletoe n. तरुरोहिणी, वृक्षाश्रया, वृक्षादनी, हरचूड़, आकाश बेल, अमर बेल।

mistlike a. कुहासा-जैसा, कुहरेकी तरह, धुँधला-धुँधला, धुँधला-सा।

mistral n. (भूमध्यसागरतटीय प्रदेशोंमें चलनेवाली) उत्तरी-पश्चिमी शीतलवायु, मिस्ट्रल।

mistranslate v.t. अशुद्ध अनुवाद करना।

mistranslation n. अशुद्ध अनुवाद।

mistreat ⊙ v. i. दुर्व्यवहार करना।

mistress n. (MASTER और MISTER का स्त्रीलिंग) श्रीमती; गृहिणी, गृहस्वामिनी, नेहिनी, कुटुम्बिनी; (नौकरोंकी) अधिष्ठात्री, स्वामिनी, (*you are* ~ *of the situation*); नौकरोंपर अधिकार रखनेवाली; ईश्वरी, अधिकारिणी, (विषयका) पूर्ण ज्ञान रखनेवाली; अध्यापिका, अध्यापयित्री, शिक्षिका, आचार्या; उपपत्नी, उपस्त्री, भुजिष्या, अवरुद्धा, रखैल, रखनी; कान्ता, दयिता, कामिनी, प्रमदा, वल्लभा, प्रिया, प्रियतमा, रमणी; M~ of the Robes रानीके वस्त्रागारकी अधिष्ठात्री।

mistressship n. गृहस्वामिनीका पद या कार्य; अध्यापिकाका पद; निरीक्षिकाका पद, अधिष्ठात्रीत्व; भुजिष्याकी स्थिति, रखैलका पद।

mistrial n. (मुकदमेकी) दुरन्वीक्षा, अशुद्ध जाँच, गलत तहकीकात; ⊙ गलत मुकदमा।

mistrust १. n. संशय; अविश्वास, अप्रतीति, विश्वासका अभाव; २. v.t. शंका करना, अविश्वास करना, अप्रतीति करना।

mistrustful a. शंकाशील, अप्रत्ययी, अविश्वासी, आशंकित, सन्देही, शकी।

mistrustfulness n. आशंका, अप्रतीति, अविश्वास, सन्देह, शकीपन।

mistune v.t. बेसुरा करना या बजाना।

misturn v.t. विपरीत करना, उलट देना।

mistutor v.t. कुशिक्षा देना।

misty a. अन्धकारमय, धुँधला; ओससे ढका हुआ, ओसका, कुहरेका; (ला०) अस्पष्ट, अनिश्चित (*a* ~ *idea*)।

misunderstand v.t. (व्यक्तिके कार्योंको) उलटा या गलत समझना; अशुद्ध शब्दार्थ करना, अनर्थ करना, अशुद्ध अर्थ लगाना, उलटा अर्थ समझना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

misunderstanding n. अयथार्थ बोध, अशुद्ध शब्दार्थ करना; भ्रान्त धारणा; भ्रान्ति, भ्रम, मिथ्या ग्रहण, गलतफहमी; अनबन, खटपट।
misusage n. अपव्यय, कुप्रयोग, कुव्यवहार, दुर्व्यवहार, बुरा बर्ताव या लगाव।
misuse १. n. दुष्प्रयोग, असत्प्रयोग, अशुद्ध प्रयोग, कुप्रयोग; दुर्व्यवहार; २. v.t. दुष्प्रयोग करना, अनुचित काममें लाना, अशुद्ध प्रयोग करना, कुप्रयोग करना,गलत इस्तेमाल करना; दुर्व्यवहार करना, बुरा बर्ताव करना।
misuser n. कुप्रयोजक, अपप्रयोक्ता।
misword v.t. अशुद्ध शब्द निकालना; गलत अक्षर लगाना।
miswording n. गलत वाक्य बनाना।
miswrite v.t. गलत लिखना।
miswrought a. दुर्निर्मित, दुष्कृत।
misyoke v.t. गलत जोड़ना, बेमेल विवाह करना।
mitcheline n. चिकन, फूलबूटेदार कपड़ा।
mite n. लेश, अणु, लव, कण; पाव पेनीका आधा (लगभग पैसेका आधा), अधेला; (प्रा०) अल्पधन, अल्पमात्रा, काकिणी, ताँबेका सिक्का; बरूथी; देयांश, अंशदान, शक्ति-भर (नातिशय) सहायता *(let me offer my ~ of comfort)*; छोटी वस्तु; कीड़ा, जूँ; a ~ of a child छोटा बच्चा; *not a ~* बिलकुल नहीं, कुछ नहीं।
Mithraic a. (ईरानी पुराण) सूर्यदेव-सम्बन्धी, मित्रीय।
Mithraism n. (ईरानी पुराण) सूर्यदेव-पूजा; मित्रोपासना, पारसी धर्म।
Mithras, -ra n. (ईरानी) सूर्यदेवता, मित्र।
mithridate n. विनाशक पदार्थ, विषमार, जहरमोहरा।
mithridatic a. विषघ्न, विषहर।
mithridatism n. विषहर ओषधिका प्रयोग।
mithridatize v.t. विषनाशक ओषधि देना।
mitigable a. प्रशम्य, शम्य, शान्त करने योग्य।
mitigant a. शान्तिदायक, मृदु करनेवाला।
mitigate v.t. अल्पीकरण करना, अवशमन करना, शान्त करना, न्यून करना, कम करना, ठण्डा करना, घटाना, मिटाना, हलका करना (क्रोध, पीड़ा, दुःख, दण्ड, उष्णता, शीतलता, कठोरता आदि)।
mitigation n. अल्पीकरण, शमन, अवशमन, शान्ति; न्यूनीकरण, लघूकरण, न्यूनता, घटी, कमी।
mitigative a. शमक, शान्तिप्रद, शान्तिकर।
mitigator n. शामक, शान्तिदायक, लघूकर्ता।
mitigatory a. दुःखहरण, शमनशील, शान्त करनेवाला, कमी करनेवाला।
mitosis n. (जीववि०) समसूत्रण, सूत्रिभाजना, मांसपेशियोंके अनुसार विभाजन।
mitotic a. समसूत्रीय *(~ division)*।
mitraille n. गोली, छर्रा।
mitrailleuse n. क्षुद्रास्त्रघ्नी, अनेक नालीवाली छोटी मशीनगन, गोलियोंकी बौछार करनेवाली तोप।
mitral १. n. पादड़ीकी टोपी; २. a. पादड़ीकी टोपीके आकारका, पादड़ीकी टोपीका; *~valve* द्विदलकपाट, द्विपत्रकपाट; हृत्कपाट।
mitre[1] n. विशपोंकी ऊँची टोपी; ४५° का कोण (*~-block, -joints*); ४५°के कोणपर इस ढंगसे काटे गये दो टुकड़ोंका वह जोड़ जिनके मिलानेसे ९०° का कोण बन जाय।
mitre[2] v.t. मुकुट पहनाना, पादड़ीकी टोपीसे भूषित करना; (लकड़ीके किनारे आदि) ४५° के कोणपर काटना; गुनियासे जोड़ना या मिलाना।
mitred a. शिरश्छादनयुक्त, शिरश्छादन-सहित, विशपपदाधिकृत; ४५° के कोणपर कटा हुआ।
mitriform a. पादड़ीके मुकुटके आकारका, हृद्रूप।
mitt, mitten n. निरंगुल-हस्तप, एक प्रकारका बिना अँगुलियोंका दस्ताना; (pl. प्रा०) मुष्टि-युद्धके दस्ताने, घूँसेबाजीके दस्ताने; (प्रायः अब *mitt*) स्त्रियोंका गोटा, बेलबूटेवाले जालीदार दस्ताने; the ~ पदच्युति, विमुक्ति; the ~s मुक्केबाजीके दस्ताने; *get the ~* (प्रेमीका) नकारात्मक स्पष्ट उत्तर पाना; *give the ~* (प्रेमीको) नकारात्मकस्पष्ट उत्तर देना; (साधा०) कार्यालयसे मुक्ति पाना।
mittened a. दस्ताना पहने (घूँसेबाजीमें)।
mittimus n. (बोल०) कार्यालयसे पदच्युति *(get one's ~)*; कारावासका अधिपत्र, कैदका परवाना।
mity a. पावपेनीका, अधेलेवाला; कणभर।
mix v.t. & i. (एक दूसरेमें दो या अधिक पदार्थों अथवा समूहोंका) मिश्रण करना, मिलाना, घोलना; उपादानोंके मिश्रण द्वारा (यौगिक) तैयार करना, बनाना; संयुक्त करना, मिश्रित करना, मिलाना; एक हो जाना, मिलना, मिश्रित होना, *(oil will not ~ with water)*; सम्भोग करना; *do not ~ well* (इनकी) पटती नहीं, बनती नहीं; *~ up* अच्छी प्रकारसे मिलाना, मिला-जुला देना; मिलना-जुलना; घुलना, घोलना।
mixable a. मिश्रणीय, मिलने योग्य, मिलाने योग्य।
mixed* a. मिला हुआ*, घुला हुआ आदि (क्रियागत अर्थोंमें); विभिन्न गुणात्मक; मिश्रित*, मिश्र, संयुक्त, संश्लिष्ट, मिला-जुला, पँचमेल, मिले हुए लोगोंका, संदिग्ध-मर्यादाके लोगोंका (संघ); (बोल०) मूढ़, आकुलित, अविचारी, असन्तुलित मस्तिष्कका; समवेत, स्त्री-पुरुष दोनोंका *(~ school)*; ~ bathing जनपर्वका स्नान जिसमें स्त्री-पुरुष साथ नहाते हैं, ~ income अर्जित और अनर्जित दोनों प्रकारकी आय; ~ marriage अनुलोम अथवा प्रतिलोम विवाह, वर्णसंकर-विवाह, अन्तर्जातीय विवाह; *be ~ up* उलझना, फँसना; शामिल होना;
~ action, ~ blood, ~ crops, ~ culture, ~ currency, ~ dye, ~ gauge, ~ government, ~ inflorescence, ~ laws, ~ number, ~ plantations, ~ policy, ~ syllogism, ~ train.
mixedness n. मिश्रता, मेल, पँचमेल होना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

mixen n. कूड़े-करकट या गोबरका ढेर, घूरा।

mixer n. मिश्रक, मिश्रण करनेवाला, घोलनेवाला (व्यक्ति); वाक्पटु और नाटकीय-प्रसारकी विभिन्न ध्वनियोंका नियन्त्रण करनेवाले यन्त्र; संभोगी (व्यक्ति); सहयोगी, साथी ⊙; good ~ मिलनसार, (सम्बन्ध) बनाकर रखनेवाला।

mixing n. मिश्रण, मिलाना।

mixture n. मिश्रण, योग, घोल; संसर्ग, मिश्रता, संयुक्तता, संकर, मेल, मिलाव; यन्त्र द्वारा दो पदार्थोंका मिश्रण, मिश्रित द्रव्य; वातिमिश्र, वायुसे मिश्रित वाष्पकृत तैल।

miz(z)en n. (~-*sail* भी; तीन मस्तूलवाले पोतके पीछेका) सबसे नीचेका पाल; ~-mast पश्चिम कूपक, तीन मस्तूलवाले जहाजका सबसे पिछला मस्तूल; ~ yard तीन मस्तूलवाले जहाजका अड्डा।

mizzle[1] १. n. तुषारवर्षा, सीकर, पानीकी फुहार, फुही, झीसी; २. v. i. पानीकी फुहार पड़ना, फुही गिरना, झीसी पड़ना।

mizzle[2] v. i. (ग्रा०) भाग जाना, चम्पत हो जाना, चल देना, फरार हो जाना।

mizzly a. फुहार-सम्बन्धी, फुहीका, झीसीका।

mizzonite n. मिज़ोनाइट, एक चूनेदार खनिज।

mizzy n. (बोली) पंक, अम्लिपंक, दलदल।

mnemonic १. n. (pl.) स्मृति-विज्ञान, स्मरणविद्या, स्मृति-विद्या; २. a. स्मृतिसहायक, स्मरणोपकारी, स्मरणशक्ति बढ़ानेवाला; स्मरणशक्तिका।

mnemonics n. स्मृति-विज्ञान, स्मरणशक्ति-वर्द्धन-कला, स्मृतिविकास-शास्त्र।

mnemonist n. स्मृति-विज्ञानमें कुशल, स्मृति-विद्याका पण्डित।

mo n. (ग्रा०) = MOMENT.

moan[1] n. आर्तनाद, क्रन्दन, विलाप, कराह, सुसकन, सिसकी; दीर्घनिश्वास; *make* (one's) ~ दुखड़ा रोना, शिकायत करना, फरियाद करना।

moan[2] v.t. & i. (मृत व्यक्तिपर) विलाप करना, दुःख मनाना, दुःख करना; (दुर्घटना आदिपर) शोक करना; कराहना, आह भरना, सुसकते हुए (कुछ विशिष्ट शब्दोंको) कहना; शिकायत होना या करना, फरियाद करना या होना।

moanful a. विलापकारी, शोकयुक्त, कराहते हुए, सुसकते हुए।

moat १. n. उपकुल्या, प्रतिकूप, परिखा, खातक, खाई; २. v.t. परिखासे घेरना, खातकसे घेरना, खाईसे घेरना; खाई बनाना।

moated a. परिखावृत, खातयुक्त।

mob[1] n. जनता, जनसंकुल, असंयत जनसमूह, कोलाहलपूर्ण जनसंघ, जनघटा, जमघट; सर्वसाधारणका एकत्रीकरण, समूह, भीड़-भाड़; प्राकृतजन, अधमजन, नीचलोग; गुण्डे; ~ law हुल्लड़बाजी, धींगाधींगी; ~ psychology जन-मनोविज्ञान; swell ~ बनाठना जेबकतरा।

mob[2] v.t. & i. भीड़ होना या करना, मजमा होना या करना; (भीड़से) सताना, दिक करना; भीड़ लेकर आक्रमण करना, घेर लेना।

mobbish a. झगड़ालू; अराजक, भीड़-सम्बन्धी।

mobby n. शकरकन्दी शराब; फलरस, जूस।

mob-cap n. स्त्रियोंकी पहननेकी टोपी (जो सारे सिरको ढक लेती थी)।

mobile a. चल, चलिष्णु, अस्थिर, गतिशील, गतियोग्य, चलनशील, चलन्त, (~ *dispensary*); चपल, चंचल, चलता-फिरता (व्यक्ति अथवा मस्तिष्क); एक स्थानसे दूसरे स्थानपर आसानीसे हटायी जानेवाली (सेना)।

mobility n. चलनशीलता, गतिशीलता, चांचल्य, चंचलता, अस्थिरता, गतिशीलता, गतिक्षमता।

mobilizable a. गतिशील, गतिक्षम्य; युद्धकार्यके योग्य।

mobilization n. सैन्यप्रचालन, सैन्यसंघटन, सैन्य-सज्जन, सैन्यसंसज्जन, युद्धार्थ (सेना) संचालन; गतिशीलता, गतिक्षमता।

mobilize v.t. संचालित करना, गतिमान करना, अग्रसर करना, चलाना; सेनाको युद्धकार्यमें प्रवृत्त करना, संसज्जित करना, सैन्यसज्जन करना, युद्धार्थ सेना तैयार करना, जुटाना।

mobish a. असंयत जनसमूहका, भीड़का; जनताका।

moble v.t. आवृत करना, छादित करना, लपेटना, ढँकना।

mobocracy n. जनसमूहका कोलाहल, हुल्लड़बाजी, भीड़शाही; जनसमूहकी नीचता।

mobsman n. हुल्लड़बाज।

moccasin n. मकासिन, हिरनके चर्मका जूता।

mocha[1] n. एक प्रकारका हीरा, मोचा।

mocha[2] n. (*M*~ *coffee* भी) एक प्रकारका सुन्दर कहवा, मोशा; (प्रारम्भमें) लालसागरपर अरबकी बन्दरगाहसे प्राप्त कहवा।

mock[1] n. उपहास, हँसी, मजाक, ठट्ठा; उपहासास्पद वस्तु; प्रतिरूप, अनुकरण, नकल; विडम्बना, तिरस्कार, अवमान, चिढ़।

mock[2] v.t. & i. उपहास करना या होना, मजाक उड़ाना या करना, खिल्ली उड़ाना, (दूसरोंके मनोरंजनार्थ) नकल करना या बनाना, चिढ़ाना, खिझाना, मुँह बनाना; धोखा देना, चकमा देना, ठगना, जटना; तिरस्कार करना, तुच्छ समझना या होना, घृणा करना या होना, ठुकराना, हेय समझना।

mock[3] a. कृतक, कृत्रिम, आभासी, बनावटी, झूठा, नकली; ~-heroic १. n. वीररसपूर्णशैलीका व्यंग्यात्मक अनुकरण; २. a. व्यंग्यात्मक वीररसपूर्ण; ~ moon चन्द्राभास; ~ sun सूर्याभास; ~-turtle soup नकली कछुएका सोरवा।

mocker n. अवहासक, विडम्बना-कारी, नकलची, हँसोड़, ठिठोलिया, मजाक बनानेवाला।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

mockery n. परिहास, अवहास, मजाक, ठिठोली, खिल्ली; परिहास-विषय, उपहासास्पद, उपहास-पात्र, उपहासका कारण; तिरस्कार, अवमान, अवज्ञा, विडम्बना, अपमानजनक तुच्छ व्यवहार, घृणास्पद व्यवहार; हास्यजनक व्यवहार; कृत्रिम भाव प्रदर्शन, झूठा दिखावा, नकल; वंचना, कपट, छल।

mocking n. अधिक्षेप, तिरस्कार, अवमान, अपमान, उपहास, मजाक; ~-bird मैना, सारिका, दूसरी चिड़ियोंके गानेकी नकल उतारनेवाली अमरीकाकी एक गानेवाली चिड़िया; ~ stock दे० LAUGHING.

Mod n. स्काटलैण्डका एक वार्षिकोत्सव, मॉड।

modal a. रूप-विषयक, दिखावेका; रीतिका, रीत्यात्मक; (व्या०) लकार-सम्बन्धी।

modalism n. अवतार-विधा, ईसाई धर्मकी एक मान्यता (जिसके अनुसार परमात्मा, ईसा और आत्मा ये तीनों विभिन्न अंग न होकर अवतरणके ही अंग हैं)।

modalist n. अवतरणविधावादी, मोडलवादी, मोडलवादमें विश्वास रखनेवाला।

modality n. रीति, प्रकारता; वृत्ति।

mode n. विधि, वृत्ति, पद्धति, विधा, वृत्तिप्रणाली, प्रकार, ढंग; (प्रचलित) रीति अथवा सजधज, (प्रचलित) वेश-भूषाका ढंग, फैशन; (संगी०) राग, प्राचीन यूनानवासियोंके स्वरग्रामका ढंग; आचार, शिष्टाचार; व्यवहार; विशिष्ट निर्देशनकी रीति।

model[1] n. (इच्छित आकार आदिकी त्रिधा विस्तारमें) प्रतिकृति, निदर्शन, प्रतिमा, प्रतिमान, मॉडल, (गुणा०) प्रतिरूप, प्रतिकृति, आदर्श, नमूना; अनुकरणीय वस्तु या व्यक्ति; ढाँचा, खाका बनानेकी शैली; मिट्टी या मोम आदिकी दूसरी सामग्रीकी आकृतिपर बनी हुई आकृतियाँ; अपनेको कलाकार दिखानेवाला व्यक्ति; (कपड़ेकी दुकानपर पहनकर) खरीदारोंको कपड़े दिखानेवाली स्त्री;

~ byelaws, ~ distribution list, ~ draft, ~ experiment, ~ farming, ~ laying, ~ order, ~ rules, ~ staff rules, ~ standing orders, ~ study, ~ telegram, ~ village house.

model[2] v.t. प्रतिरूपण करना, किसी वस्तुके आदर्शपर ढालना; (चिकनी मिट्टी, मोम आदिकी) मूर्ति गढ़ना, मूर्ति बनाना; (बहस, सबूत आदिका) स्वरूप तैयार करना।

modeller n. प्रतिमाकार, माडल बनानेवाला।

modelling n. प्रतिमा, मूर्त्ति, माडल।

modena n. गहरा बैंगनी रंग।

moderate[1] १. n. संयतमार्गी, उदार विचारवाला राजनीतिज्ञ, मध्यपथका राजनीतिज्ञ; २. a. संयत, सामान्य, मध्यक, मध्यम, अनुग्र, साधारण, मामूली, नरम, मृदु; अच्छा-खासा, औसत दर्जेका; अनति, मित, सीमित, परिमित, थोड़ा (~ *price*);

~ ability, ~ demand, ~ depth, ~ fluency, ~ language, ~ means, ~ slope, ~ view, ~ visibility.

moderate[2] v.t. & i. मर्यादित करना या होना, संयत होना या करना, कम पड़ना, धीमा करना या होना (प्रचण्डता, तूफान आदिका); मध्यस्थ होना, मध्यस्थता करना; नरम होना या पड़ना, मन्द करना या होना, हलका करना, रोकना, सँभालना, थामना; रुकना, सँभलना, थमना।

moderateness n. नियमितता, परिमितता, हलकापन; साधारणता, मध्यम स्थिति।

moderation n. संयम, संयताचार, सामान्यता, नरमी; मर्यादन, अनुसीमन, लघूकरण, आशमन, हलकापन, अच्छा-खासा होना; परिमितता; (आक्सफोर्ड विश्व० pl.) बी० ए० की डिगरीकी प्रथम सार्वजनिक परीक्षा; *in* ~ संयत ढंग से।

moderatism n. (राजनीति या धर्ममें) संयत विचारधारा।

moderato adv. (संगीत) मध्यम स्तरसे; नियमतः, नियमित गतिसे।

moderator n. मध्यस्थ, विचवई; अध्यक्ष; पंच, सालिस; प्रश्नपत्रोंका निरीक्षक, प्रश्नपत्रोंके स्तरको परखनेवाला; कैम्ब्रिजकी विशिष्ट गणित-परीक्षाका अध्यक्ष; ईसाई सभाओंका सभापति।

moderatorship n. अध्यक्षता; मध्यस्थता, मध्यस्थ अथवा सभापतिका पद।

modern १. n. नूतनकालीन व्यक्ति, आधुनिक कालका व्यक्ति, आजकलके लोग; २. a. अर्वाचीन, आधुनिक, नूतन, अप्राचीन, वर्तमान, नूतनकालीन, आजकलका; नव, नवीन, नया, हालका, नयी रोशनीका, नये फैशनका।

modernism n. आधुनिकता, आधुनिक विचार, आधुनिक रीति-रस्म; नूतन पद अथवा स्थिति।

modernist n. आधुनिकतावादी, नवीनतम विश्वासोंको माननेवाला, आधुनिक सिद्धान्तोंको माननेवाला।

modernistic a. आधुनिकतावादी।

modernity n. आधुनिकता, नवीनता, नावीन्य।

modernization n. नवीकरण, आधुनिकीकरण।

modernize v.t. & i. नूतनकालीन करना या होना, आधुनिक समयके अनुसार ढालना, वर्तमानकालके उपयुक्त बनाना या होना।

modernness n. आधुनिकता, नूतनता, नवीनता, अप्राचीनता; नयापन।

modest a. एकान्तप्रेमी, संकोची, लज्जावान्, सव्रीड, लज्जालु, शर्मीला; अपनी योग्यताका कम अनुमान करनेवाला; साधारण; सती, साधु; सरल, सादा; उचित, ठीक; शिष्ट, शीलयुक्त, शालीन, सविनय, विनत, नम्रशील, विनीत, नम्र (कथन, माँग)।

modesty n. लज्जाशीलता, लज्जा, व्रीड़ा, शर्मीलापन; शील, शालीनता, नम्रशीलता, विनय, लाज; सतीत्व, कौमार्य।

modicum n. (भोजनादिका) लव, लेश, अल्प-परिमाण,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

अल्पांश, अल्पभाग, किंचित्, थोड़ी मात्रा, टुकड़ा।

modifiability n. विकार्यता, रूपान्तरकी क्षमता।

modifiable a. आपरिवर्तनीय, विकार्य।

modification n. विकार, विकृति, रूपान्तर, रूपपरिवर्तन, रूपान्तरविधान, रूपभेद, आपरिवर्तन, रूपभेदन, विकरण।

modificative a. विकारशील, रूपान्तरित।

modificatory a. विकारी, रूपान्तर करनेवाला।

modified a. आपरिवर्तित, भिन्न, संशोधित, विकृतरूप (~ *form*)।

modifier n. रूपान्तरकारी, आपरिवर्तक, संशोधक, विशेषक।

modify v.t. संशोधित करना, रूपभेद करना, बदलना, अदल-बदल करना; स्वर-परिवर्तन करना, विकरण करना, सुधारना, ठीक करना; अल्पीकरण करना, मन्दीकरण करना, न्यून करना, स्वर नीचा करना; कम कठोर करना, कड़ाई कम करना; लगभग अनिश्चित रखना, कम निश्चित करना; (व्या०) (शब्दादिके) भावको स्पष्ट करना।

modillion n. (स्थापत्य) अँगीठीका अभिवार।

modiolus n. (श० र० शा०) कर्णास्थि, कानके चक्करके बीचका अक्ष।

modish a. रीत्यनुसार, शिष्टाचारानुरूप, शिष्टरीतिके अनुकूल, फैशनदार।

modishness n. रीति, ढंग, चलन, फैशन।

modiste n. स्त्रियोंके वस्त्र बनानेवाली दर्जिन।

modulate v.t. & i. (संगीत) स्वरको ऊँचा-नीचा करना; (स्वरका) ठीक-ठीक करना, साधना; आपरिवर्तन करना, आवश्यकतानुसार (वस्तु) बदलना या घटाना-बढ़ाना; मिलाना, ठीक करना या होना।

modulation n. मूर्च्छना, स्वरका सामंजस्य या उतार-चढ़ाव, स्वर-परिवर्तन; संक्रम, वादी संक्रमण।

modulator n. संकालक, आपरिवर्तक, संक्रम करनेवाला; (रेडियो) स्वरपरिवर्तन करनेका यन्त्र; सरगमका रेखाचित्र।

module n. लघुमात्रा, (स्था०) लम्बाईके अनुपातको प्रकट करनेकी इकाई; नापनेकी इकाई।

modulus n. मापांक; घनक; गुणांक, गुणक, लघुगुणक।

modus n. (तर्क०) प्रकारक; धर्माचार्यार्थ वार्षिक उपजके दशमांशके उपलक्षमें दिया गया निर्दिष्ट धन; ~ operandi कार्यप्रणाली, कार्यपद्धति, करण-प्रकार, विधानक्रम, काम करनेका ढंग; ~ vivendi निर्वाह-रीति, झगड़ेका निर्णय होनेतकका समझौता।

moellon n. मात्रा या संख्यामें अधिक।

Moeso-Gothic a. गॉथ्स या उनकी भाषासे सम्बन्धित।

mofette n. (भूमिगर्तमें) विरफोट-दशा, विरफोट-स्थिति।

mofussil a. नगरेतर क्षेत्र।

mohair n. अंगोरा-जातीय बकरीका लम्बा रेशमी बाल।

Mohammedan १. n. मुहम्मदके अनुयायी, मुसलमान; २. a. मुसलमान-सम्बन्धी, मुसलमानी।

Mohammedanism n. इस्लाम, मुसलमानी धर्म।

Mohammedanize v.t. मुसलमान बनाना।

Moharram, Mu- n. मुहर्रम, मुसलमानी वर्षका प्रथम मास।

Mohawk n. मोहाक जातिकी भाषा, मोहाकी भाषा; उत्तरी अमरीकाके भारतीयोंकी एक जाति, मोहाक; बर्फपर फिसलनेका एक विशेष ढंग।

Mohock n. (१८वीं शतीमें लन्दनका) बनाठना गुण्डा।

mohr n. अफ्रीकी बारहसिंगा, मोहर।

mohur n. मुहर, अशरफी।

moider १. v.t. भ्रान्त करना, व्यग्र करना, घबड़ा देना, उतावला करना; गड़बड़ाना; २. v. i. बहकी-बहकी बातें करना।

moidore n. पुर्तगालदेशीय स्वर्णमुद्राविशेष, मोयडर।

moiety n. आधा; अर्द्धांश, आधा भाग।

moil १. v. i. (*toil & ~*) परिश्रमसे कार्य करना, कठोर परिश्रम करना; २. v.t. बिगाड़ना, गन्दा करना; थकाना; लथेड़ना।

moire १. n. लहरियादार कपड़ा या चद्दर; २. a. लहरियादार (सिल्की कपड़ा); सिल्क (कपड़ा) की भाँति लहरियादार (धातु)।

moist a. आर्द्र, क्लिन्न, नम (मौसम); सिक्त, भीगा हुआ, गीला, सीला, तर, नमीदार; रस और पीपवाली (बीमारी)।

moisten v.t. & i. सिक्त होना, तर होना, भीगना; सिक्त करना, तर करना, भिगोना, नम करना।

moistener n. आर्द्रकर्ता, नम करनेवाला, भिगोनेवाला।

moistness n. आर्द्रता, क्लेद, रस, नमी, गीलापन, सीलापन, तरी।

moisture n. आर्द्रता, तरी, सजलता, नमी, गीलापन, सील;

~ changes, ~ conditions, ~ conservation, ~ content, ~ control, ~ detector, ~ determination, ~ determination apparatus, ~ dish, ~ effects, ~ equivalent, ~ estimation, ~ film, ~-getting, ~-holding capacity, ~ meter, ~ retention, ~ temperature efficiency, ~ test, ~ test flask, ~ testing oven.

moistureless a. अक्लिन्न, अनार्द्र, सूखा, बिना तरीका।

moke n. (आ०) रासभ, गर्दभ, खर, शीतलावाहन, गधा, गदहा; हबशी ⊙; टट्टू।

molar[1] १. n. दंष्ट्रा, दाढ़, चर्वण-दन्त, चबानेके दाँत, जुगालीके दाँत; २. a. (प्रायः स्तनपायी पशुओंके) पश्चद्दानव्य (दाँत), (पिछले) पासनेवाले (दाँत)।

molar[2] a. पुंजीय, पुंज-सम्बन्धी; (रसा०) वेयूह, व्यूहीय, व्यूहयुक्त; राशिका, समूहका।

molasses n. (pl.) इक्षुसार, फाणि, गुडरस, सीरा, शीरा, राब; गुड़।

mold ⊙ = MOULD.

mole[1] n. तिल, मसा; *make mountain of a ~hill* राईका पर्वत बनाना, तिलका ताड़ बनाना;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

to behold a ~ in other's eyes, but not a beam in one's *own* औरोंकी फूली देखता चले अपनी तेतर नहीं।

mole[2] n. छछुन्दरी, छछूँदर; छछूँदर जातिके अन्य जन्तु; ~-eyed चुँधा; ~hill, cast छछूँदरका खोदा हुआ मिट्टीका ढेर, बाँबी; ~skin छछूँदरका रोंवा या बाल; एक प्रकारका मोटा कपड़ा; (pl.) कपड़ा; ~-spade छोटा खुरपा; *blind as a ~* बिलकुल अँधा।

mole[3] n. कृत्रिम बन्दरगाह; बाँध, पत्थरोंका पुश्ता।

mole[4] v. i. बिल खोदना।

molecular a. पदार्थके परमाणुके अन्तर्वर्ती, पदार्थके परमाणुमें क्रियाशील; व्यूहाणु, व्यूहाण्विक, व्यूहाण्वीय, आण्विक, परमाणुका, कणसा;
~ changes, ~ concentration, ~ depression, ~ forces, ~ formula, ~ layer, ~ rigidity, ~ structure, ~ weight.

molecularity n. व्यूहाण्वीयता।

molecule n. (भौति०, रसा०) अणु, व्यूहाणु, परमाणु, कण, किनका।

molest v.t. कष्ट देना, पीड़ा देना, उत्पीड़न करना, सताना, छेड़ना, छेड़-छाड़ करना, दिक करना, दखल देना।

molestation n. उत्पीड़न, उपद्रव, कष्ट, छेड़छाड़।

molester n. उत्पीड़क, कष्टदाता, छेड़छाड़ करनेवाला।

molimen n. शारीरिक प्रयास।

moline a. मिल जैसा; स्वस्तिकाकार।

Molinism n. मोलीनावाद, जैसुइट लुई मोलीनाका सिद्धान्त-सम्प्रदाय।

Molinist n. मोलीनावादी।

mollifiable a. शम्य, शमनीय, (रोष) घटाने योग्य।

mollification n. प्रशमन, सान्त्वना; कोमलता, मुलायमियत, नरमी।

mollifier n. शामक, शमन करनेवाला।

mollify v.t. शमन करना, शान्त करना, प्रसन्न करना; ठण्डा करना; कोमल करना, मुलायम करना।

mollipilose a. झबरा, नरम कलँगीदार।

mollities n. विलास, कोमलता, मुलायमियत, नजाकत।

mollitious a. विलासितापिय, मृदु, नाजुक, मुलायम।

mollusc n. चूर्णप्रावार, कोमल देहधारी पशु (घोंघा आदि), मोलस्का जीव।

molluscan a. चूर्णप्रावारी, कोमलचर्मयुक्त।

molluscoid n. & a. मोलस्काके आकारवाला, घोंघे जैसा (जीव)।

molly १. n. नपुंसक, नामर्द, जनाना, हिजड़ा, जनखा; २. v.t. स्नेह करना, लाड़-प्यार करना, लाड़-प्यारसे पालना; ~-coddle नामर्द, जनाना।

Moloch n. सुकण्टला; आस्ट्रेलियाका काँटेदार गिरगिट-विशेष; बाइबिल-उल्लिखित देवता-विशेष।

molten a. द्रुत, द्रवित, गलित, पिघला हुआ (~ *metal*)।

molto adv. (*संगीत*) अधिक, अधिकतर, बहुत, काफी।

molybdenum n. संवर्णातु, रजतवत् श्वेतधातुक-पदार्थ।

moment n. मुहूर्त्त, निमिष, क्षण, पल; महत्त्व (*of great, little, no,* ~); गुरुत्व, गौरव, आवश्यकता; परिबल, प्रघात (~ *of force*); घूर्ण; ~ of dispersion प्रसार-घूर्ण।

momental a. क्षणिक, क्षण-सम्बन्धी, पलभर।

momentariness n. क्षणिकता, क्षणभंगुरता।

momentary a. अस्थायी, क्षणिक, क्षणस्थायी, क्षण-भंगुर, दमभरका, पलभर (~ *rest*)।

momentous a. गुरुतर, महत्त्वपूर्ण, आवश्यक।

momentousness n. गुरुत्व, महत्त्व, आवश्यकता।

momentum n. (प्रच०) परिबल, वेग, गति, चाल; (शा० तथा ला०) गति-मात्रा, (यान्त्रिक) आवेग, गमता, चलते हुए यन्त्रका वेग।

Momus n. (*m*~) छिद्रान्वेषी, दोष खोजनेवाला; हास्यका देवता।

monac(h)al a. मठ-सम्बन्धी; विरागी।

monachism n. आरण्यकवृत्ति, वैराग्याश्रम, संन्यासाश्रम, मठवास, संसार-त्याग।

monad n. अभेद्य वस्तु; (रसा०) एकसंयुज; एक, इकाई; (प्राणिवि०) प्राणिवर्गका मूल जीव; स्वयंभूव्यक्ति, शक्त्यणु, शक्तिकेन्द्र; ब्रह्म, आत्मा, परमात्मा।

monadelphous a. (वन० शा०) एक गुच्छेमें बँधा हुआ (पराग-केसर); एकसलाग (पुंतन्तु), एक गुच्छेमें परागकेसर रखनेवाला (पौधा)।

monadic, -al aa. एकसंयुजका; प्राणिवर्गके प्रथम साधारण जीवका; इकाईका; स्वयंभूव्यक्ति-सम्बन्धी।

monadiform a. एकसंयुजके प्रकारका; स्वयंभूव्यक्तिके प्रकारका।

monadism n. स्वयंभूव्यक्तिवाद।

monadology n. स्वयंभूव्यक्तिका सिद्धान्ताध्ययन।

monandrian, monandroús aa. एकपुकेसरवाला।

monandry n. एकपतित्व, एक समयमें एक ही पतिको रखनेकी रीति, एकविवह।

monanthous a. एकपुष्पी, एक फूलवाला।

monarch n. अधिप, सम्राट्, अधीश, राजा, राजाधिराज, बादशाह; (बहुधा शा०) इन्द्र; एक लाल और काली तितली।

monarchal, monarchic, -al aa. एकप्रभुक, एकराजाधीन, एकस्वामिक, राजकीय, राजयोग्य, सम्राट्-सम्बन्धी, शाही।

Monarchian n. ईसाके अवतारमें आस्था न रखनेवाला ईसाई; नास्तिक, निर्गुणवादी ईसाई।

Monarchianism n. निर्गुणवाद, अवतारविरोध।

monarchise v.t. साम्राज्य बढ़ाना।

monarchism n. साम्राज्यवाद, राज्यके सिद्धान्त।

monarchist n. साम्राज्यवादी, राजसत्ताके सिद्धान्तको माननेवाला, सम्राट्के शासनका पक्षपाती।

monarchy n. राज्य; एकाधिपत्य, एकराजाधिपत्य,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri Funding

राजतन्त्र, एकराजतन्त्र, एकराजशासन, बादशाही (*constitutional, limited,* ~)।

monasterial a. = MONASTIC.

monastery n. आश्रम, मुनिवास, मठ, विहार।

monastic a. आश्रमिक, वैहारिक, मठ-सम्बन्धी, आश्रम-सम्बन्धी, मठ-विषयक, वैरागियोंका; (जिल्द साजी) सुनहली अबरीके बिना (*antique* भी)।

monastical a. = MONASTIC.

monasticism n. वानप्रस्थ, संन्यास, वैराग्य।

monasticize v.t. आश्रम बनाना, वैराग्य दिलाना।

monatomic a. एकपरमाण्विक (~ *gas*), एकाणुयुक्त, एकवर्गीय, एक।

monaxial a. एकाक्ष, एकधुरीय।

monazite n. पुष्कभास्विज, एक प्रकारका खनिज जिससे थोरियम मिलता है।

mondaine a. पार्थिव, भौतिक, संसारी।

Monday n. चन्द्रवार, इन्दुवासर, सोमवार; black ~ छुट्टियोंके बादका पहला दिन।

Mondayish a. रविवारके अवकाशके कारण शिथिल, रविवारका थका-माँदा (पादरी)।

monde n. जगत्, समाज।

mondial a. जगद्व्यापी, जगत्-सम्बन्धी।

monembryony a. एकभ्रूणता, एकगर्भिता।

monetary a. मौद्रिक, मुद्रा-सम्बन्धी, वित्तीय, रुपये-पैसेका; आर्थिक, द्रव्य-सम्बन्धी, धन-सम्बन्धी, माली; ~ fund मुद्रानिधि;

~ allotment, ~ ceiling, ~ circulation, ~ condition, ~ gold, ~ grants, ~ limit, ~ reserves, ~ stability, ~ standard, ~ stringency, ~ system, ~ unit.

monetization n. धातुटंकण, धातुका सिक्का बनाना।

monetize v.t. मुद्रीकरण करना, मुद्रारूपमें परिणत करना, धातुका सिक्का बनाना।

money* n. मुद्रा, अर्थमुद्रा, अर्थ, वित्त, धन*, रुपया, पैसा*, सिक्का, रुपयोंका नोट (*paper* ~); प्रचलितमुद्रा, द्रव्य, टकसाल; (pl.) निर्दिष्टमुद्रा; राशि; (pl. प्रा०, कानून) विभव, धन, दौलत; सम्पत्ति, जायदाद; (*time is* ~); मुद्रा-क्रयशक्ति, द्रव्यकी क्रयशक्ति ~-bags, धनी, दौलतमन्द अथवा लालची आदमी; ~-box गोलक, तिजोरी; ~-changer मुद्रापरिवर्तक, सर्राफ; ~-grubber निकृष्ट ढंगसे धनोपार्जन करनेवाला व्यक्ति, घटिया तरीकेसे पैसा पैदा करनेवाला आदमी; ~-grubbing n. & a. धन-लोलुपता, निकृष्ट ढंगसे धनोपार्जन करनेकी क्रिया, जरपरस्ती; ~-lender ऋणदाता, सेठ, महाजन, साहूकार; वृद्धिजीवी; ~-lending महाजनी, साहूकारी; ~-market मुद्रा-विपणि, हुण्डी-बाजार, सर्राफा; ~ order धनप्रेषादेश, मनीआर्डर; ~-spinner सट्टेबाज; छोटी मकड़ी; ~'s-worth द्रव्यके समानान्तर कोई भी वस्तु; *coin* ~ धनसंचय करना, धन खींचना, पैसा घसीटना; *make* ~ धनोपार्जन करना; ~ *begets* ~ धनसे धन कमाया जाता है; ~ *is the miser's God* बाप बड़ा न भैया, सबसे बड़ा रुपैया; ~ *for* ~ *and interest besides* आमके आम गुठुलियोंके दाम; ~ *makes the mare to go* रुपयेका सब खेल है;

~-bag, ~ bill, ~-bloated, ~-bound, ~-broker, ~ chalan book, ~ column, ~ compensation, ~ consideration, ~ cost, ~ credit, ~-decree, ~ demand, ~ due, ~ equivalent, ~ lent, ~-mad, ~-maker, ~-making, ~-masier, ~ material, ~ matter, ~-monger, ~-mongering, ~ paid, ~ payments, ~ pot, ~ receipt, ~ received, ~ saver, ~ saving, ~-scrivener, ~ skin, ~-spider, ~ supply, ~-taker, ~ transaction, ~ value, ~ wages, ~ yield table.

moneyed, monied aa. धनिक, धनी, श्रीमन्त, सम्पत्तिमान्, धनवान्, धनाढ्य, मालदार, दौलतमन्द; धनसम्बन्धी, धनका, माली (~ *assistance*)।

moneyer n. टकसालिया, टकसालका मास्टर।

moneyless a. निर्धन, धनहीन, गतविभव, परिक्षीण, दरिद्र, कंगाल, गरीब।

monger n. वणिक, व्यापारी, दुकानदार, बनिया, (जैसे, *cheese, fish, iron,* ~)।

Mongol, Mongolian nn. मंगोल, मंगोलियावासी, मुगल।

Mongoloid a. मंगोलके प्रकारका।

mongoose, mungoose nn. नकुल, नेवला, मुंगूस।

mongrel १. n. संकरजातीय कुत्ता, दोगला कुत्ता; २. a. विजात, संकरज, सकरजातीय, मिश्रजातीय, मिश्र, दोगला, दोनसला।

mongrelism n. संकरजातिवाद, संकरता।

mongrelize v.t. संकरजातिका बनाना।

mongrelly a. संकरज, संकरजातिका, मिश्र, दोगला, दोनसला।

monial n. = MULLION.

moniliform a. मणि मालाकार, मणिरूप।

monism n. एकेश्वरवाद, वेदान्त, अद्वैतवाद, ब्रह्मवाद।

monist n. अद्वैतवादी, ब्रह्मवादी, वेदान्ती।

monistic a. अद्वैती, अद्वैतवादका, ब्रह्मवादका, वेदान्तिक।

monition n. प्रबोधन, भयसूचना, चेतावनी, शिक्षा, हिदायत; सरकारी या कानूनी हुक्मनामा; पादड़ी अथवा गिरजाघरके न्यायालयसे प्राप्त औपचारिक सूचना।

monitor १. n. कक्षानायक, मानीटर; शिक्षक, उपदेशक, उपगुरु, बोधक, टेलीफोक आदिसे सन्देश सुननेवाला कर्मचारी; (प्रा०) चेतावनी देनेवाला; बेदार, एक प्रकारकी छिपकली; युद्धका जहाज; २. v.t. & i. बोधकका काम करना, टेलीफोनकी जाँच करना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

monitorial a. उपदेशकीय, कक्षानायक-सम्बन्धी।
monitorship n. कक्षानायकत्व, उपदेशकका कार्य।
monitory १. n. बिशप अथवा पोपका उपदेशात्मक पत्र; २. a. उपदेशक, शिक्षक, प्रबोधक, चेतावनी देनेवाला।
monitress n. कक्षानायिका; प्रबोधिका, चेतावनी देनेवाली।
monk n. योगी, मुनि, वैरागी, साधु, संन्यासी, मठवासी, उदासी, फकीर; ~'s-hood कुकुरमुत्ता।
monkdom n. वैरागित्व, संन्यासीका पद।
monkery n. योगी, मुनि, संन्यासी, उदासी(लोग); मुनिके समान साधना; साधुसंघ, आश्रम, मठ; आश्रम-जीवन।
monkey* १. n. कपि, मर्कट, वानर, बन्दर*; भालू; सुरापात्र, सुराही; लट्ठा गाड़नेके यन्त्र; ५०० पौण्ड(ग्रा०); नटखट व्यक्ति (*a young* ~); २. v. t. हँसी उड़ाना, मनोरंजनार्थ उपहास करना, नकल करना; ३. v. i. मूर्ख बनाना; अनिष्टकर चाल चलना; ~-boat अर्द्ध-सज्जित नौका; ~-bread गोरक्षी, एक प्रकारका वृक्ष; ~ fruit कपित्थ, कैथ; ~-nut चीनाबादाम, मूँगफलीके प्रकारका बादाम; ~-puzzle, puzzle-~ वानर-प्रहेलिका, काँटेदार देवदारु विशेष; ~ shines ⊙ उछाल, कूद-फाँद; ~-wrench ⊙ एक प्रकारका पेचकस; *get* one's ~ *up* क्रुद्ध होना, चिढ़ना; ~ *about with* खिलवाड़ करना; ~ *with* ⊙ (के साथ) इन्द्रजाल करना, धोखा देना; ~ *with that* ⊙ (उसमें) हस्तक्षेप करना, विघ्न डालना; *put his* ~ *up* व्यस्त रखना, काममें लगाना; ~-flower, ~-gland, ~-jacket, ~-rope, ~ trick.
monkeyish a. चंचल, नटखट, बन्दरके समान।
monkeyism a. चंचलता; अनुकरण, नकल।
monkeyishness n. बन्दरपन।
monkhood, monkship nn. साधुता, फकीरी।
monkish a. मुनि-सम्बन्धी, वैरागियोंका; साधुसदृश, उदासीके समान (प्रायः बुरे अर्थमें)।
monobasic a. (रसा०) एक-पैठिक, एकमूल, एक परमाणुवाला, एक प्रभाववाला (अम्ल)।
monoblepsia n. एक आँखसे अधिक दिखाई देनेका रोग।
monocardian a. अविभक्त-हृदय।
monocarp n. एकाण्डप जीव; एकफल वृक्ष, पेड़ जिसमें एक बार फल लगे।
monocarpic a. सकृत्फली, एक बारकी फलोंकी फसलवाला।
monocarpous a. (वन०) एकफली, सकृत्फली।
monocephalous a. एकशीर्ष, एक सिरवाला (फूल)।
monoceros n. (ज्यो०) मुरली; गैंडा, एकशृंगी जन्तु।
monochasial a. एकशाखी।
monochlamydeous a. (वन०) एकपरिपुष्प; एकशाखा-सम्बन्धी।
monochloride n. एकक्लोरेय, एकक्लोराइड।
monochord n. एकतन्त्री (वाद्य), इकतारा।
monochromatic a. एकवर्णिक, एकवर्ण, एकरंगा; एकवर्ण-, एक रंगमें रँगा गया।
monochromatism n. एकवर्णिकता, इकरंगी, रंगोंके प्रति अन्धापन।
monochrome १. n. एकरंगा-चित्र, एक ही रंगमें बना हुआ चित्र; २. a. एकवर्ण, एकरंगका।
monochronic a. समकालीन, एककालीन।
monocle n. एकोपाक्ष, एक आँखका चश्मा।
monoclinal a. (भूगर्भ०) एकवलीय, एकप्रवणिक, एकवलि-सम्बन्धी, एकवलियुक्त, एक परतवाला।
monocline n. (भूगर्भ०) एकवलि, भूतलमें रेतकी एक परत।
monoclinic a. एकप्रवणिक (~ *prism*); तीन प्रकारके अक्षोंवाला।
monoclinous a. (वन०) उभयांग; अर्द्धनारीश्वर-सम्बन्धी।
monocotyledonous a. एकबीजपत्री,एकबीजपत्रीय।
monocracy n. अधिनायकवाद, तानाशाही, एक व्यक्तिका शासन।
monocrat n. अधिनायक, अधीश्वर, तानाशाह, एकच्छत्र शासन करनेवाला।
monocratic a. अधिनायकीय, तानाशाह-सम्बन्धी।
monocular a. एकाक्ष, एकोपाक्ष, एकनेत्र, काना।
monocycle n. एकचक्री यन्त्र।
monodactylous a. अँगुष्ठीय,अँगूठेका,एक अँगुलीका।
monodic a. यूनानवासियोंके दुःखान्त नाटकोंमें एक ही अभिनेताके द्वारा गाये हुए गीतका, शोकगीतका, मरसियेका।
monodist n. दुःखान्त नाटकमें एक ही अभिनेताके द्वारा गाये जानेवाले गीतोंका रचयिता, शोकगीतकार, मरसियेका रचयिता।
monodrama n. एकपात्र-रूपक, एक पात्रका नाटक, एक मनुष्य द्वारा खेला गया नाटक।
monodramatic a. एकपात्रीय, एक पात्री नाटक-सम्बन्धी।
monody n. यूनानवासियोंके दुःखान्त नाटकमें एक ही अभिनेताके द्वारा गाया हुआ गीत, शोकगीत, मरसिया।
monoecious n. & a. (वन०) द्विलिंगी (पौधा); (जीववि०) स्त्री-पुरुष दोनोंके लक्षणों वा चिह्नोंसे युक्त।
monogamist n. एकस्त्रीक, एकपत्नीक।
monogamous a. एकपत्नीव्रतका, एकपत्नीक प्रथाका।
monogamy n. (जन्तुवि०) एकपत्नीत्व, एकपत्नीव्रत; एकपत्नी विवाह, एकपत्नीक प्रथा, एकपत्नी रखनेकी प्रथा या स्थिति; (कभी-कभी) एक ही बार विवाह करनेकी प्रथा, एकविवाह।
monogenesis n. एकजनन, मूलैकता; अमैथुन-प्रजनन, अलैंगिक संसृति; अरूपान्तर-विकास; एककोशा-सृष्टिवाद।
monogeneous a. एकयोनि, एकविकासी; अमैथुन।
monogenetic a. एकजननीय, एकयोनि, एकमूलका;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:MoE-IKS

अमैथुन-प्रजनन-विषयक, अलैंगिक संसृति-सम्बन्धी; अरूपान्तर-विकास-सम्बन्धी।

monogeny n. एकयोनि, एक ही पुरखासे सन्तति।

monoglot a. एक भाषिक, एक भाषामें लिखा हुआ।

monogony n. अलैंगिक सृजन या उत्पत्ति।

monogram n. गुम्फाक्षर, दो या अधिक अक्षरोंके मेलसे बना हुआ एक अक्षर।

monogrammatic a. गुम्फाक्षरीय, दो या अधिक अक्षरोंके मेलसे बने हुए अक्षरका।

monograph १. n. विनिबन्ध, एकविषय-निबन्ध, किसी विषयपर लिखा गया प्रबन्ध; २. v.t. किसी विषयपर प्रबन्ध लिखना।

monographer, monographist nn. प्रबन्ध लिखनेवाला।

monographic a. प्रबन्ध-सम्बन्धी।

monogynian a. एकपत्नीवान्, एकपत्नीव्रती; एक-सी शैलीका।

monogynous a. एकपत्नीक; (वन०) एक ही गर्भकेसर-वाला अथवा एक ही पुष्पकेसरके अग्रभागका।

monogyny n. एकपत्नीत्व, एकपत्नीव्रत।

monohybrid a. एकसंकर (~ *inheritance*)।

monoideism n. एकाग्रता, एकभावता।

monolatry n. एकपूजा, एक ही देवताकी पूजा।

monolith n. केवल एक पत्थरका स्तम्भ।

monolithic a. एकाश्म, केवल एक पत्थरके स्तम्भवाला।

monolocular a. एककोषीय।

monological a. स्वगत-भाषण-सम्बन्धी।

monologist n. स्वगत भाषण करनेवाला व्यक्ति।

monologize v. i. स्वगत भाषण करना।

monologue n. (नाटकमें) स्वगतभाषण, स्वगतकथन, स्वगतवचन; एक सम्भाषणीय नाटक, एकपात्री नाटक या रूपक; संघमें एक ही व्यक्तिका लम्बा भाषण।

monologuist n. स्वगतवक्ता, स्वगतभाषी, स्वगत बोलनेवाला; एकपात्राभिनेता।

monology n. स्वगत, स्वगतभाषणका स्वभाव।

monomachy a. द्वन्द्व, द्वन्द्वयुद्ध, मल्लयुद्ध, जोड़की कुश्ती।

monomania n. एकोन्माद, एकविषयोन्माद, एक-विषयासक्ति, एकमानसिक-विकार; एकविचारकी लगन।

monomaniac, -al aa. एकोन्मादी, एकविषयोन्मत्त, एकविषयविक्षिप्त।

monomaniacal a. एकविषयी।

monometallic a. (मुद्रा) एकधातुक, एकधातुका।

monometallism n. एकधातु-प्रणाली, एकधातुचलन, एकधातुमुद्रावाद, एकधातुता, मुद्रामानके लिए केवल एक धातुका व्यवहार।

monometallist n. (मुद्रा) एकधातुतावादी।

monometer n. एकच्छन्द, एकपद-सम्बन्धी, छन्द-शिक्षा।

monometric a. एक छन्दवाला, एकपद छन्द-शिक्षा-सम्बन्धी।

monomial n. & a. (बीज०) एकपदी, एक संख्याका (अंक)।

monomorphic a. एकरूप, एक आकार-विषयक, एकरूप-सम्बन्धी।

monomorphous a. अपरिवर्तितरूप, एकरूप।

monooestrus n. वार्षिक मदकाल।

monopathy n. एकावयव-विकार, एकांग-विकार, एकांग रोग।

monopetalous a. एकदलीय, संयुक्तदल-सम्बन्धी, मिली हुई पंखुड़ियोंसे सम्बन्धित।

monophagous a. एकभोजी, एकविध आहारी, एक खाद्य-सम्बन्धी।

monophobia n. एकाकीपनका भय, अकेलेपनका डर।

monophthong n. (भाषावि०) एकस्वर, सामान्य स्वर-ध्वनि।

monophyletic a. एकोद्भव।

monophyllous a. (वन०) एकपत्रीय, एकदलीय।

Monophysite n. ईसाकी केवल एक प्रवृत्तिको माननेवाला।

monoplane n. एकपक्षी विमान, एकपंखी वायुयान, एकपखेका हवाई जहाज; एकतल।

monoplegia n. एकांग आघात, एकांग संस्तम्भ, लकवा, फालिज।

monopodial a. (वन०) एकाक्षी, एकाक्षीय, एकपदी।

monopodium n. (वन०) एकाक्ष, एकपद।

monopolism n. एकाधिकारवाद, एकाधिकारत्व।

monopolist n. एकाधिकृत, एकाधिकारी; एकाधिकारका पक्षपाती।

monopolistic a. सर्वाधिकार-सम्बन्धी, एकाधिकार-सम्बन्धी; ~ organization एकाधिकृत संघटन।

monopolization n. एकाधिकरण, स्वायत्तीकरण।

monopolize v.t. (व्यापारिक वस्तु, व्यापार, वार्ता-लाप, व्यक्तिके ध्यान आदिपर) एकाधिकार करना, एकाधिकरण करना, एकाधिकार स्थापित करना।

monopolizer n. सर्वाधिकारी, एकाधिकारी, सर्वग्राहक; एक-विक्रयिता, प्रधान विक्रयिता।

monopoly n. एकाधिकार, सर्वाधिकार, इजारा; एकाधिपत्य, पूर्णाधिकार; एकाधिकारमें लायी हुई वस्तु; व्यावसायिक एकाधिपत्य, किसी वस्तुके क्रय-विक्रयका अकेला (सर्वतन्त्र) अधिकार;
~ price, ~ procurement, ~ profit, ~ purchase, ~ return, ~ value.

monopsychism n. एकात्मवाद।

monorail n. एक पटरीकी रेलगाड़ी; एक ही पटरी।

monorhyme n. एकतुक; परस्पर साम्य रखनेवाला रेखाओंका क्रम।

monosepalous a. संयुक्तदल-सम्बन्धी, सभी पंखुड़ियोंका एकमें मिला हुआ।

monostich n. एकपदी कविता, एक पंक्तिकी कविता।

monostichous a. एक पदमें, एक पंक्तियुक्त।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

monostrophic a. एक ही श्लोकके क्रमकी पुनरावृत्ति-वाला।
monostyle a. एक पाखेका, एक खम्भेका; एक शैलीका।
monosyllabic a. एकाक्षरी, एकाक्षर-सम्बन्धी।
monosyllabism n. एकाक्षरी शब्द, एकाक्षरका व्यवहार या सिद्धान्त।
monosyllabize v.t. एकाक्षर करना।
monosyllable n. एकाक्षर; *speak in ~s* बहुत संक्षेपमें उत्तर देना, हाँ या न के अतिरिक्त कुछ नहीं कहना।
monothalamous a. एककक्षीय, एक घरवाला।
monotheism n. अद्वैत, एकेश्वरवाद, अद्वैतवाद।
monotheist n. एकेश्वरवादी, अद्वैतवादी, वेदान्ती।
monotheistic a. वेदान्तिक, अद्वैतवाद-सम्बन्धी।
monotint n. एक रंगकी चित्रकारी।
monotone १. n. एकतान, एकरस, (क्रमिक स्वरोंका उच्चारण लिखनेमें शैलीकी) एकरूपता; २. v.t. एक ही स्वरमें जोर-जोरसे गाना, एकतान बोलना या दोहराना।
monotonic a. (संगी०) एकसुरा।
monotonize v.t. एक स्वरमें गाना; उबा देना, थका देना, उकता देना।
monotonous a. एकस्वर, एकतान, एकलय, एकरूप, अभिन्नस्वर, एकरस, नीरस; उबानेवाला, उकता देनेवाला।
monotonousness, monotony nn. एकस्वरता, स्वरभेद, एकतति, एकतानता, एकरसता, अभिन्नता, नीरसता; ऊब।
monotype n. एकमुद्र, मोनोटाइप।
monotypic a. एकरूपिक, एक रूपमें ही प्रदर्शित; (रसा०) समान परमाणुओंवाला, एक परमाणुवाला।
monovalent a. (रसा०) एकसयुज, उद्जनके अणुसे मिश्रित होनेवाला।
monoxide n. (रसा०) एक जारेय।
Monroeist n. मनरोका राष्ट्रवादी सिद्धान्त माननेवाला।
Monsieur n. श्री, श्रीमान्, महोदय; = MISTER.
monsoon n. ऋतुवायु, वर्षावायु, कालवात, मौसमी हवा (*dry, wet ~*); वर्षा, मानसून; वर्षाऋतु, वर्षाकाल; विभिन्न समयोंपर चलनेवाली अन्य हवाएँ; *~ breaks* मानसून शुरू;
~ forest, ~ period, ~ planting, ~ rainfall, ~ winds.
monster १. n. दुरात्मा जीव, अपरूप प्राणी, राक्षस, दानव; विकटाकार पशु या वस्तु; अद्भुत वनस्पति अथवा पशु; असगत-तत्त्वोंका काल्पनिक पशु; २. a. अतिविशाल, बहुत बड़ा; विकटाकार, भीमाकार, अद्भुत, अपरूप, विरूप।
monstrance n. (गिरजाघरोंमें) पवित्र प्रसाद-पात्र।
monstrosity n. दैत्यता, राक्षसपन; विरूपता, वैरूप्य, अपरूपता; भयंकरता, घोरता, विकटता, अद्भुतता; विकृताकार जीव, काल्पनिक विकृताकृतिधारी जीव, पाशविक वस्तु।
monstrous १. a. पिशाची, राक्षसी; अतिकुत्सित, विकटाकार, अनोखा; बीभत्स, अद्भुत, विरूप, भीमाकार, विकटरूप, विकट, डरावना, घोर; सब प्रकारसे न्याय-विरुद्ध, पूर्णरूपेण अयोग्य, सरासर गलत; भारी, बड़ा, २. adv. बहुत अधिक (*~ good friends*)।
monstrousness n. भयंकरता, डरावनापन; विरूपता, विकट आकार, राक्षसी रूप; = MONSTROSITY.
montage n. (फिल्मके छोटे टुकड़ोंसे बनायी गयी) बड़ी फिल्म।
montane a. पर्वतीय, पर्वत-सम्बन्धी।
montanic a. = MONTANE.
Montanism n. तपश्चर्या, माण्टेनसका त्यागवाद।
monte n. वनभूमि, वनप्रान्त, वनप्रदेश; एक प्रकारका स्पेनी ताशका खेल।
monteith a. (१७वीं और १८वीं सदीका) पुराना चाँदीका अँग्रेजी प्याला।
Montem n. छात्रोंकी सुखसुविधाके लिए बाथ नामक सड़कपर चन्दा एकत्र करनेकी प्रथा।
night* n. क्षपा, विभावरी, यामिनी, रजनी, निशा, रात्रि, रात* (*black, dark, as* ~); तम, अन्धकार, अँधेरा; विपत्ति, मुसीबत; ~-bird उल्लू, कुचकुचवा, खूसर; चमगीदड़, निशाचर, रात्रिचर मनुष्य; ~-blindness निशान्धता, रात्र्यन्धता, रतौंध, रतौंधी; ~cap पहिनकर सोनेकी टोपी; रातकी शराब; ~-chair पाखानेकी चौकी; ~-clothes शयन-वस्त्र, रातकी पोशाक; ~-club (नर्तकोंकी) रातमें खुलनेवाली गोष्ठी; ~-dress, ~-gown, ~-robe ⊙ रात्रिवेश, (महिलाओं एवं बच्चोंकी) रातकी पोशाक; ~fall निशामुख, दिनान्त, सन्ध्या, शाम; ~-glass (समुद्र-यात्रामें प्रयुक्त) रात्रिकालीन दूरबीन; रात्रिमें व्यवहृत होनेवाला टेलीस्कोप; ~-hag निशाचरी, रात्रिचरा, चुड़ैल; ~-hawk चोर, उठाईगीर; ~jar नप्तृका, नपता, एक प्रकारकी अबाबील; ~-light रात्रिमें व्यवहृत एक मद्धिम रोशनीका दीपक; ~-line बंशी, कँटिया; ~-long रातभर; ~man मेहतर, (गाड़ीमें टट्टी भरकर ले जानेवाला) जमादार; ~mare दुःस्वप्न, भयानक कुस्वप्न; हौआ, सदा बना रहनेवाला भय; ~-piece रात्रिके दृश्यका चित्र; ~-porter (होटलों या अस्पतालोंमें) रातका पहरेदार; ~ season (का०) रातका समय; ~-shirt शयन-वस्त्र, नाइट-गाउन; ~-soil मल, विष्ठा, मैला, पाखाना, गूह; (नाबदान या मोरीका) गन्दा पानी; ~-stool रातकी चौकी, पाखानेकी बन्द चौकी; ~-suit रातका सूट (पायजामा तथा कमीज); ~-walker निद्राचारी, स्वप्नमें चलनेवाला; ~-walking स्वप्नमें चलना; ~ watch रातका चौकीदार; रातका पहरा; *all* ~, *all* ~ *along* सारी रात, रातभर; *at* ~ रातको; *make a* ~ *of it* रातभर विलास करना, रातभर ऐश मनाना; ~ & *day* सर्वदा, रात-दिन;

~ adult school, ~-attire, ~-black, ~-blooming, ~ blue, ~-boat, ~-capped, ~-cloaked, ~-cradled, ~ dark, ~ duty, ~-enshrouded, ~-filled, ~fish, ~ flower, ~-flowering jasmine, ~fly, ~ fowl, ~ frost, ~ green, ~ guard, ~-haired, ~-haunted, ~ heron, ~-hid, ~ jessamine, ~ latrine, ~-mantled, ~-moth, ~-overtaken, ~ passenger train, ~ patrol, ~-porter, ~ round, ~-scented, ~ school, ~ shift, ~ shirt, ~-struck, ~ swift, ~-time, ~ travelling, ~-veiled, ~ visit, ~wake, ~ ward, ~ watchman, ~wear, ~-work, ~-worker.

nightingale[1] n. कलविंकक, बुलबुल।

nightingale[2] n. वण्डी, जैकेट (विशे० रोगियोंकी)।

nightless a. रात्रिहीन, अन्धकार-विहीन।

nightly[1] a. निशा-, नैश, रात्रि-, रात्रीय, रात्रिकालीन; रात्रिकृत; रात्रिको होनेवाला।

nightly[2] adv. रातो-रात, प्रत्येक रात्रिमें, रातमें, रात-रात।

nightshade n. काकमाची, रजनी माची, धतूरा; Deadly N~ घातक, बेलाडोना; Woody N~ जिसके फूल बैंगनी रंगके और फल गहरे लाल रंगके होते हैं।

nigrescence n झाँवरापन, कुछ कालापन।

nigrescent a. कृष्णाभ, साँवला, झाँवरा, काला-सा।

nigrify v.t. कृष्णवर्ण करना, काला करना।

nigrine n. कालिज, एक प्रकारका खनिज।

nigritude n. (शा० एवं ला०) कृष्णता, साँवलापन, कालापन।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

nihil n. अभाव, शून्य, नहीं।

nihilism n. नाशवाद, शून्यवाद, शून्यमत; शून्यमयता, शून्यता; (दर्श०) नास्तिवाद, संशयवाद; (१९वीं शतीके रूसी क्रान्तिकारियोंका) सर्वखण्डनवाद, निषेधवाद।

nihilist n. शून्यवादी, नाशवादी, नास्तिवादी; रूसी सर्वखण्डनवादी, निषेधवादी।

nihilistic a. नास्तिवादी, शून्यवाद-सम्बन्धी।

nihility n. असत्ता, अनस्तित्व, नाश, अस्तित्वहीनता, शून्यता, अभाव; तुच्छ वस्तु, नगण्य वस्तु; विफलता, निष्फलता; अकार्यकारिता।

nil n. अभाव, शून्य; किंचित् नहीं, कुछ नहीं; ~ admirari वह अवस्था जिसमें न किसी वस्तुपर आश्चर्य हो और न कोई चीज पसन्द आवे।

nilgai n. नीलगाय।

nill v. i. इच्छा न होना; *will he ~ he* वह चाहे अथवा न चाहे (अब प्रायः *willy-nilly*)।

Nilometer n. नीलका जलमापक-स्तम्भ।

Nilotic a. नील नदीका।

nimble a. द्रुतगामी, शीघ्रगामी; चपल, चंचल, फुर्तीला; दक्ष, पटु, निपुण, प्रवीण, कुशल, चतुर; प्रगल्भ, प्रखर, कुशाग्र, तेज; लघु, लघुशरीर; ~-fingered चौरकर्ममें पटु, चोरीमें होशियार; ~-footed प्रजवी, वेगवान्, तेज चलनेवाला; ~-witted व्युत्पन्नमति; ~-brained, ~-headed, ~-jointed, ~-mouthed, ~-spirited, ~-tongued.

nimbleness n. लघुता, क्षिप्रता, द्रुतगामिता, शीघ्रगामिता; चपलता, चंचलता, फुर्तीलापन; दक्षता, पटुता, निपुणता, प्रवीणता, चालाकी; लघुता, हलकापन।

nimbus n. जलद, वर्षामेघ, जलमेघः प्रभामण्डल।

nimbused a. प्रभामण्डलयुक्त।

nimiety n. (क०) अति, अधिकता, प्रचुरता, अतिशयता।

niminy-piminy a. औपचारिक, कृत्रिम, बनावटी।

Nimrod n. (बड़ा) आखेटक, शिकारी, खिलाड़ी।

nincompoop n. मूर्ख, लण्ठ, अनाड़ी, गँवार, जड़, बेवकूफ, बुद्धू, भोंदू, गोबरगणेश।

nine[1] n. नवकी संख्या; नौ (बजे), नौ (रुपये), नौ (वर्ष) आदि; *dressed up to the ~s* ठाटबाटसे सजा हुआ; *to the ~* पूर्णरूपेण, पूरी तरह।

nine[2] a. नव, नौ (जैसे ~ *days*); ~-holes एक प्रकारका खेल; ~pins (नौ पिनोंसे खेला जानेवाला) एक प्रकारका खेल; ~ *days' wonder* चार दिनकी चाँदनी; ~ *times out of ten* प्रायः।

ninefold a. & adv. नवगुण, नौगुना।

nineteen a. & n. ऊनविंशति, उन्नीस (की संख्या); उन्नीस वर्षकी अवस्था; *is nearly ~* लगभग १९ वर्षका।

nineteenth a. नवदश, उन्नीसवाँ।

ninetieth a. नवनितम, नब्बेवाँ।

ninety a. & n. नब्बे(की संख्या); ~-*nine out of a hundred* प्रायः, लगभग सभी; *the ~ies* थर्मामीटरके अंश; शताब्दीके वर्ष; नवासी और सौके बीचकी संख्या।

ninny n. मूर्ख, निर्बोध, अबोध, अल्पधी, जड़, अज्ञान, अनाड़ी, लण्ठ, गँवार, गोबरगणेश, बुद्धू, बेवकूफ, भोंदू।

ninny-hammer n. = NINNY.

ninon n. सूक्ष्म अंशुक, हलका रेशमी वस्त्र।

ninth[1] n. नवमांश, नवाँ भाग।

ninth[2] a. नवम्, नौवाँ; *(~ day, part)*; ~ part of a man दर्जी।

ninthly adv. नवमतः, नौवें, नवम स्थानमें।

niobate n. काशीय।

Niobe n. शोकातुरा महिला, विधवा, वियोगिनी।

Niobean a. वियोगिनी, शोकातुरा; वियोगिनीसदृश, शोकातुरा-सदृश।

niobic a. (रसा०) काश्य।

niobium n. (रसा०) काश धातु, नियोबियम।

niobous a. (रसा०) काश्य।

nip[1] n. कटाव, चुटकी; कटूक्ति, व्यंग्य, ताना; काट, छाँट; वाताघात, वायुकी शीतलता; (वनस्पतिका) तुषार द्वारा विनाश, तुषाराघात, पाला मार जाना।

nip[2] v.t. & i. चुटकी लेना, चोंकना, चुभोना, कोंचना, नोचना, दबाना; (कलीका) तोड़ लेना; कर्तन करना, उच्छेद करना, कतरना, काटना, छाँटना, विनाश करना, नष्ट करना, मारना; ताने मारना; (शीतका) कष्ट देना, दर्द पैदा करना, असर करना; झपट लेना, चुपकेसे ले जाना; (ग्रा०) भूलसे प्रवेश करना; ~ *in the bud* दे० BUD.

nip[3] n. थोड़ी-सी मदिरा।

nip[4] v. i. & t. पीना, घूँट लेना, चुसकी लेना, ढालना।

nipa n. ताड़, खजूर, नीपा (वृक्ष); ताड़ी।

nipped a. छिन्न, कृत्त, काटा हुआ; हिमार्त, हिमपीड़ित।

nipper n. (क्रियागत अर्थोंमें) चुटकी लेनेवाला, कतरनेवाला; जेबकतरा; बाजारी लड़का, आवारा छोकरा; (pl.) सँसी, मोचना, चिमटा; (pl.) सदंशक, (नाक पकड़नेवाला) चश्मा; घोड़ेके अगले दाँत; (कछुएकी जातके जानवरोंके) पंजे।

nipperkin n. मद्य-मापक, सुरा-मापक; लघु चषक, छोटा प्याला।

nippiness n. चुस्ती, फुर्तीलापन, फुर्ती।

nipping a. अवच्छेद, कर्तन, छेदन, कटाई; हिमार्तीकरण; (शीत आदिकी) कष्टप्रदता।

nipple n. स्तनमुख, स्तनाग्र, चूचुक, डेंपनी, चूँची; (दूध पिलानेवाली बोतलकी) चुसनी; चूचुक आकारकी कोई वस्तु, घुण्डी; (पर्वतोंपर) छोटा गोल उभार; छोटा टीला; बन्दूकका निपिल; ~wort स्तनवीरुध, चूचू पौधा।

Nippon n. जापान।

Nipponian a. जापानी, जापान-सम्बन्धी।

Nipponism n. जापानवाद, जापानियोंका आदर; जापानियोंकी विशेषता।

nippy a. चुस्त, फुर्तीला; शीतल, ठण्डा।

nirvana n. निर्वाण, मुक्ति, मोक्ष।

nisi conj. अन्यथा; जबतक कि न, यदि नहीं।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

Nissen hut n. (टनलके आकारकी लोहे और सीमेण्टसे बनी) गोल झोपड़ी।
nisus n. प्रवृत्ति; प्रयत्न, कोशिश; संघर्ष, कलह।
nit n. यूकाण्ड, लिक्षा, लीख, डील; अन्य छोटे कीड़ोंके अण्डे, डिम्भ।
nitid a. प्रदीप्यमान, आभामय, प्रकाशमय, चमकदार।
niton n. रेडनका प्राचीन नाम दे० RADON.
nitralloy n. भूयीय, इस्पात।
nitrate[1] n. भूयीय, नाइट्रेट।
nitrate[2] v.t. भूयीयन करना, (किसी वस्तुमें) नाइट्रिक-एसिड मिलाना।
nitratine n. भूयीयी, सोडियम नाइट्रेट नामक धातु।
nitration n. भूयीयन, नाइट्रेटीकरण।
nitre n. यवक्षार, शोरा, नाइटर, पोटाशियम नाइट्रेट; cubic ~ सोडियम नाइट्रेट।
nitric a. यवक्षारीय, यवक्षार-सम्बन्धी, जौखारवाला, भूयिक, नाइट्रिक, शोरेदार, शोरेका।
nitride n. भूयेय, नाइट्राइड।
nitriding n. भूयेयन, भूयदृंहण, नाइट्राइडमें परिवर्तित करना।
nitriferous a. क्षारयुक्त, क्षारप्रद, शोरेवाला।
nitrification n. भूयन, यवक्षारण, नाइट्रोजननिग्रहण, नाइट्रीकरण।
nitrifier n. भूयनकर्ता।
nitrify v.t. यवक्षारण करना, यवक्षार बनाना, भूयन करना, शोरेदार बनाना; शोरा बनाना।
nitrite n. भूयित, नाइट्राइट।
nitro-bacteria n. pl. भूयय शाकाणु, नाइट्रो-बैक्टीरिया, नाइट्रेटमें बदलनेवाला रोमाणु।
nitro-benzol n. भूय-धूपन।
nitro-cellulose n. भूय-कोशाधु, सेलूलोज नाइट्रेट।
nitrogen n. यवक्षार-वात, भूयाति, नाइट्रोजन; ~ assimilation, ~ bulb, ~ content, ~ cycle, ~ determination apparatus, ~ equivalent, ~ family, ~fixation, ~-fixing, ~-fixing bacteria, ~ gauge, ~-hardening, ~ requirements, ~tube.
nitrogenate v.t. भूयातीयित करना, नाइट्रोजन-युक्त करना।
nitrogenation a. भूयातीयन, नाइट्रोजन बनाना।
nitrogenization n. भूयातीयन, नाइट्रोजन बनाना।
nitrogenize v.t. भूयातन करना, भूयाति-योजन करना, भूयाति व्यापन करना।
nitrogenous a. यवक्षारीय, भूयात्य, नाइट्रोजन-सम्बन्धी; नाइट्रोजनसे युक्त।
nitro-glycerin(e) n. भूयमधुरि, शोरेके अम्लसे युक्त ग्लेसरीन।
nitro-magnesite n. भ्राजभूयिज, नाइट्रोमैगनेसाइट।
nitrometer n. भूयमान, नाइट्रोमीटर।
nitro-naphthalene n. भूयोतैलेन्य।
nitrophilous a. भूयप्रिय।
nitrous a. यवक्षारमय, यवक्षार तुल्य, भूय्य, नाइट्रस, शोरेका; यवक्षार गर्भ, शोरा मिला हुआ।
nitty a यूकाण्डपूर्ण, लिक्षायुक्त, लीखोंसे भरा हुआ।
nitwit n. मन्दबुद्धि, अल्पबुद्धिसम्पन्न व्यक्ति, कमदिमागी आदमी।
nitwitted ⊙ a. मन्दबुद्धि, अल्पबुद्धि, मूर्ख, कमदिमाग।
nix[1] n. जलपरी।
nix[2] n. (ग्रा०) शून्य, बिल्कुल नहीं, कुछ नहीं।
nix[3] int. (ग्रा०) सावधान! होशियार!
Nizam n. (प्राचीन हैदराबाद रियासतके शासककी पदवी), निजाम।
no[1] n. (pl. *-es*) निषेध, इन्कार, नाही, नहीं, न (*will not take ~ for an answer*); (pl.) नहिक पक्ष, 'न'- पक्ष (*~s to the left*)।
no[2]* a. नहीं*; कोई नहीं, एक भी नहीं, (जैसे, *~ circumstances could justify it*); कुछ नहीं (*is ~ distance, in ~ time*); थोड़ा-सा, जरा-सा, बहुत ही कम, (जैसे, *service of ~ honourable kind*); सम्भव नहीं; (*there's ~ accounting for tastes*); नाममात्र, बरायनाम, (जैसे, *these opinions are rather ~ opinions*); (लुप्तपद वाक्योंमें) कदापि न होना चाहिए, हम कदापि नहीं चाहते (*~ taxation movement*); ~ account ⊙ कोई महत्ता नहीं; ~-being नास्तित्व, सत्ताहीनता, अभाव; ~body कोई नहीं; नगण्य व्यक्ति, तुच्छ व्यक्ति (*everybody's business is ~body's business*); ~how किसी प्रकार नहीं; ~man's land स्वामिहीन भूमि, लावारिस जमीन, बंजर भूमि; (सेना०) दो आक्रमणकारियोंके बीचका मैदान; ~ meaning अनर्थक, अर्थहीन; ~ one = ~body; अकेला नहीं (*no one man could lift it*); ~ thoroughfare आम रास्ता नहीं है; ~way, ~ways, ~wise किसी मात्रामें नहीं, किसी प्रकार नहीं, बिल्कुल नहीं; ~ whence, ~ whither कहींसे नहीं, कहींको नहीं; ~ whit तनिक भी नहीं, बिल्कुल नहीं; *by ~ means* कदापि नहीं, किसी प्रकार नहीं।
no[3] adv. नहीं, तनिक भी नहीं, बिलकुल नहीं, विशेष नहीं, फिर नहीं, दुबारा नहीं, अब नहीं, अबसे नहीं; *~ less* इतना, इतने; *~ more* और नहीं (*have no more to say*); मृत, गत, समाप्त (*Mr— is ~ more*); न तो (*you did not come ~ more did he*); *~ sooner than* ज्यों ही (*~ sooner said than done*); *is ~ more* दिवंगत हो गये, अब नहीं रहे।
Noachian, Noachic aa. हजरत नूहका, नूहकालीन
nob[1] n. (ग्रा०) कुलीनवंशीय व्यक्ति, उच्चवर्गीय व्यक्ति।
nob[2] n. शीश, मुण्ड, शिर, कपाल, मस्तक, सिर, खोपड़ी; (ताशके एक खेलमें) तुरुपके रंगका गुलाम।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

nob[3] v.t. (मुक्केबाजी) सरपर वार करना।

nobble v.t. (घुड़दौड़में जीत न होने देनेके लिए) अनुचित प्रभाव डालना, अनधिकृत दबाव डालना, पक्षपात करना; (धन इत्या०) अवैध रीतिसे प्राप्त करना, छीन लेना; (अपराधीको) पकड़ना।

nobbler n. घातक प्रहार; मदिराकी एक ड्राम मात्रा।

nobby a. (ग्रा०) अभिजात, उच्चवर्गीय; सुवेश, भव्य, सुन्दर, भड़कीला, रँगीला, चटकीला, अलबेला, बाँका, खुश-लिबास।

nobiliary a. महत्त्वयुक्त, कुलीन, अभिजात, कुलीनताका, कुलीनवर्ग-सम्बन्धी, शरीफ घरका।

nobility n. औदार्य, उच्चचरित्र; आभिजात्य, कुलोत्कर्ष, कौलीन्य, कुलीनता, उच्चपदस्थता, उच्चपद; महिमा, उत्कर्ष, श्रेष्ठता, प्रकर्ष, प्रताप, ऐश्वर्य, विभूति; सम्भ्रान्त श्रेणी, अभिजात सम्प्रदाय, उच्च कुल, भद्र परिवार।

noble[1] n. महानुभाव, भद्र व्यक्ति, अभिजात व्यक्ति, कुलीन व्यक्ति; श्लाध्य व्यक्ति, प्रशंसनीय पुरुष; अप्रचलित स्वर्ण मुद्रा-विशेष = ६ रुपये।

noble[2] a. सु, सद्-, भद्र, अभिजात, कुलीन; उदार; सच्चरित्र; उच्चपदस्थ; महात्मा, महामना, उदारात्मा; भव्य, महान्, गरिमापूर्ण, बड़ा; प्रकाण्ड, अत्युत्कृष्ट; चित्ताकर्षक, प्रभावशाली, रोबदार, शानदार; श्लाध्य, प्रशंसनीय, सराहनीय; उत्कृष्ट, श्रेष्ठ, उत्तम, प्रशस्त, बढ़िया; प्रभुत्वसूचक, वैभवयुक्त; रासायनिक क्रिया-रोधक, वायुमें नष्ट होनेवाला, जलमें विलीन होनेवाला; (अम्लों द्वारा) सरलतासे आक्रान्त होनवाला; ~man कुलीन पुरुष, उच्च.पुरुष, अमीर आदमी; ~ metal अकुण्य धातु, सुधातु; ~-minded = NOBLE; ~-mindedness उदाराशयता, सहृदयता, महानुभावता, विचारौदार्य; ~ woman कुलीना स्त्री, उच्च-स्त्री, अमीर स्त्री; ~ art, ~-born, ~-featured, ~-hearted, ~-looking, ~manly, ~-natured, ~-spirited, ~-tempered.

nobleness n. कुलीनता, महत्त्व, महिमा, उत्कर्ष, वैभव, श्रेष्ठता, अमीरी, बड़ाई।

noblesse n. कुलीनता, श्रेष्ठता; कुलीन जन, कुलीन परिवार।

nocake ⊙ n. (अमरीकन अन्नसे बनी) कर्पट्टिका, सत्तू।

nocent a. कष्टकारक, दुःखदायी; दोषी, अपराधी।

nock[1] n. (प्रत्यंचाके चढ़ानेके लिए) तीरमें बना हुआ दाँता या खाँचा।

nock[2] v.t. (धनुषपर) बाण चढ़ाना।

nock[3] n. पालके ऊपरका अगला कोना।

no-confidence n. अविश्वास, अप्रतीति।

noctambulant n. निशागामी, निद्रामें चलनेवाला।

noctambulation n. निशागमन, रात्रिमें चलना।

noctambulism n. = NOCTAMBULATION.

noctambulist n. निशागामी, निद्रागामी, रात्रिमें चलनेवाला।

noctiflorous a. (पौधा आदि) रात्रिमें विकसित होनेवाला।

noctilucent a. निशाचकासी, निशादीप्त, निशाप्रभासी, रात्रिमें चमकनेवाला।

noctivagant, noctivagous nn. रात्रिचर, निशाचर, शबगर्द आदि।

noctivagation n. नैशभ्रमण, रात्रि-परिभ्रमण, निशागमन, निशाचरण, रात्रि-चरण, रातमें चलना या घूमते फिरना।

noctule n. विलायती चमगीदड़।

nocturnal a. नैश, रात्रि-, रात्रि-सम्बन्धी, रात्रिकालीन, रातका; रात्रिचर, रातमें सक्रिय, रातमें होनेवाला।

nocturne n. स्वप्नसंगीतांश; (चित्र०) रात्रिका दृश्य।

nocuous a. घातक, दुःखदायी, पीड़ाकर, कष्टकारक, तकलीफदेह।

nocuousness n. घातकता, दुःखदायिता, पीड़ाकरता।

nod[1] n. शिरःकम्पन, मस्तक-कम्पन, शिरश्चालन; आज्ञा, आदेश, हुक्म (*the empire was at* or *dependent on his* ~), पूर्ण सत्ताका प्रतीक; *land of N*~ निद्रा, नींद।

nod[2] v. i. & t. निद्रालु होना, निद्रावस्थामें होना, झीमना, झूमना, ऊँघना, आँख लगना, अलसाना; (निद्रामें) कुछका कुछ करना, कुछका कुछ कहना; सम्मत होना, अनुमोदन करना; अंगीकार करना, स्वीकार करना; (इमारत इत्यादिका, ला० भी) लम्बसे नीचेकी ओर झुकना या झुकाना, नीचा करना; (पंखोंका) ऊपर-नीचे नाचना; शिरश्चालन करना, सिर हिलाना; (सिर हिलाकर) नमस्कार करना या सम्मति प्रकट करना; (किसी वस्तुको) नत करना, आनत करना, झुकाना; *Homer sometimes* ~*s* उत्कृष्टतम व्यक्तियोंसे भी भूलें हुआ करती हैं।

nodal a. पर्वीय, पात-, पातिक,पर्व-,पार्विक,पर्व-सम्बन्धी, ग्रन्थि विषयक; ग्रन्था-सम्बन्धी, गिल्टीका; (आवेप-पदार्थके) विश्रामबिन्दु या रेखासे सम्बन्धित (~ *line, time*)।

nodality n. पातिकता; ग्रन्थिमयता।

nodalize v.t. पातबिन्दु बनाना; (किसी व्यवस्थाका) केन्द्रबिन्दु बनाना।

nodated a. ग्रन्थिल, गाँठदार।

nodation n. ग्रन्थिमयता; ग्रन्थियुक्त स्थान।

nodder n. शिरश्चालक, सिर हिलानेवाला, उनींदा।

nodding १. n. शिरश्चालन, सिर हिलाना, राम-राम कहना, नमस्कार करना (~ *acquaintance*); २. a. सिर हिलानेवाला (~ *reed*)।

noddle[1] n. (बोल०) शीश, मस्तक, मुण्ड, सिर, कपाल, खोपड़ी।

noddle[2] v.t. सिर हिलना या हिलाना, सिरका झुकना या झुकाना।

noddy n. निर्बोध, मूर्ख, अबोध, सीधा, गँवार, गावदी; मन्दकुररी (एक उष्णसागरीय पक्षी)।

node n. पर्व, पर्वसन्धि, पात, ग्रन्थि, गिल्टी; गाँठ, ग्रन्था, सख्त गिल्टी; शिरोबिन्दु (जहाँ ग्रहमार्ग एवं रविमार्ग

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अथवा आकाशीय क्षेत्रके दो महामण्डल एक दूसरेको काटते हैं); (आवेप पदार्थका) निष्पन्द विन्दु, विश्राम-विन्दु; कटान-विन्दु (जहाँ वक्र स्वयंको काटे)।

nodical a. पार्विक, पर्वसन्धीय, पातिक, ग्रन्थि-सम्बन्धी; उस विन्दुसे सम्बन्धित (जहाँ ग्रहमार्ग एवं रविमार्ग अथवा आकाशीय क्षेत्रके दो महामण्डल एक दूसरेको काटते हैं)।

nodiferous a. पर्वयुक्त, ग्रन्थिल, ग्रन्थिमय, गाँठदार।

nodiform a. पर्ववत्, ग्रन्थि-सदृश, गाँठ-जैसा।

nodose a. ग्रन्थिल, ग्रन्थियुक्त, ग्रन्थामय, गँठीला, गाँठदार।

nodosis n. पर्वयुक्तता, ग्रन्थिलता, ग्रन्थिमयता।

nodosity n. ग्रन्थिलता, गठीलापन; पर्व, पर्वसन्धि, कोंपल फूटनेका स्थान; ग्रन्थि, गाँठ, गिल्टी, गुल्थी; (ग्रन्थियुक्त) शोथ, सूजन।

nodous a. (वन०) ग्रन्थिल, ग्रन्थियुक्त, गँठीला, गाँठदार।

nodular a. पर्वमय, ग्रन्थामय, ग्रन्थिमय; (पौधे) ग्रन्थि-विषयक, गाँठ-सम्बन्धी, गुमड़े-वाला; स्नायुगण्ड-सम्बन्धी, गिल्टी-सम्बन्धी।

nodulate v.t. पर्वयुक्त करना, ग्रन्थिल बनाना, ग्रन्थिमय करना, गाँठदार बनाना।

nodulated, nodulose, nodulous aa. ग्रन्थि-विन्यस्त, ग्रन्थिल, ग्रन्थियुक्त, गिल्टीदार, गिरहदार।

nodulation n. ग्रन्थि-विन्यास, (गिल्टीदार या गिरहदार होनेकी अवस्था)।

nodule n. पर्व, पर्वक, ग्रन्था, ग्रन्थिका, (पौधेमें) लघुग्रन्थि, गाँठ; स्नायुगण्ड, पिण्ड, गोली, शिराकी ग्रन्थि, छोटी गाँठदार गिल्टी।

nodulose a. पर्वीय, पर्व-विषयक, ग्रन्थि-सम्बन्धी।

nodulous a. = NODULOSE.

nodus n. (pl. *-di*) जटिल स्थान; जटिलता, कठिनता, पेचीदगी।

Noel = NOWEL.

noematical a. बौद्धिक चेष्टा-सम्बन्धी।

noesis n. बौद्धिक चेष्टा।

noetic[1] n. (sing. *or* pl.) बुद्धि-विज्ञान।

noetic[2] a. प्रज्ञात्मक, बौद्धिक, बुद्धि-विषयक, बुद्धिका, मानसिक, ज्ञान-सम्बन्धी; अशारीरिक, अमूर्त्त; बौद्धिक विचारसे सम्बन्धित।

nog[1] n. (पूर्वी ऐंग्लियामें खींची हुई तीव्र) मदिरा, यव-सुरा, यवमदिरा।

nog[2] n. (काष्ठकी) नागदन्त, खूँटी, चिप्पड़, कील; (वृक्षका निकला हुआ) दाँतेदार सिरा; (टूटी हुई डालका) अवशिष्ट भाग, ठूँठ, खूँटी।

nog[3] v.t. (ईंट, कँकरीट या पत्थरकी चुनाईके अनुकरण-पर) लकड़ीके चौखटेमें कोई चीज ढालना।

noggin n. मल्लक, चषक, लघुपात्र, प्याली; (१/४ पाइण्ट मदिराके समाववाला) लघु-मापन-विशेष।

nogging n. लकड़ीके चौखटेमें ईंट या कँकरीट या पत्थरकी ढलाई।

noil n. क्षुद्रक; ऊनकी छोटी गट्ठी।

noise[1]* n. निनाद, नाद, महास्वर, ध्वनि, उच्च रव, उच्च कोलाहल, गुल-गपाड़ा, हुल्लड़, हल्ला-गुल्ला, शोर शराबा, शोर*, गुल; कर्कश ध्वनि, रूक्ष ध्वनि; चर्चा, धूम; *make a ~* बहुत शिकायत करना; अत्यधिक चर्चित होना; (संसारमें) अपकीर्ति प्राप्त करना, बदनाम होना।

noise[2] v.t. & i. (प्रसिद्धि ना तथ्यकी) घोषणा करना, प्रचार करना, सार्वजनिक बनाना, बाहर फैलाना (*it was ~d abroad*); (क्र०) शब्द करना, चीत्कार करना, कोलाहल करना, शोर मचाना।

noiseless a. स्तब्ध, निस्तब्ध, निःशब्द, नीरव, शान्त, मौन, चुप, बे-आहट।

noiselessness n. स्तब्धता, निस्तब्धता, निःशब्दता, नीरवता, मौन, शान्ति, चुप्पी, खामोशी।

noisette n. पाटलजाति-विशेष, गुलाबकी एक जाति।

noisiness n. कलरवपूर्णता, कोलाहलमयता, आन्दोलन, शोर, शोर-शराबा; कलरव, कोलाहल, महारव, शोर; (रंग, पोशाक, साहित्यिक-शैली आदिकी) सुव्यक्तता, चटकीलापन, जगमगाहट।

noisome a. अस्वास्थ्यकर, अपकारी, मारक, घातुक, क्षयकर, अहितकारी, हानिकर, नुकसानदेह; दुर्गन्धित, दुर्गन्धियुक्त, बदबूदार; घृणाजनक, कुत्सित, दुष्ट, अपमान-जनक; अप्रीतिकर, विरक्तिकर, आपत्तिजनक, दोषावह, नागवार।

noisomeness n. अस्वास्थ्यकरता, अपकारिता, अहित-कारिता, हानिकरता; घृणाजनकता, कुत्सितता, दुष्टता, बुराई; पूति, दुर्गन्ध, दुर्गन्धियुक्तता, बदबू; अपमान-जनकता; प्रथमाघातकारिता, अप्रीतिकरता, विरक्ति, आपत्तियुक्तता, दोषावहता।

noisy a. उपद्रवकारी, शब्दकारी, शोर मचानेवाला; कोलाहलपूर्ण, मुखर, शोरगुलसे भरा हुआ; (रंग, पोशाक, शैली आदि) व्यक्त, सुप्रकट; प्रचण्ड, प्रबल, तीव्र, घोर, उग्र; ऊँचा; उज्ज्वल, प्रकाशित, चमकीला, जगमगाहटवाला।

noll n. (मस्तकका) शिखर, चोटी।

nomad, nomade (विकृतरूप) nn. & aa. अस्थिर-वास, यायावर (जातिका), परिभ्रमणकर्ता (सम्बन्धी), अस्थिरवासी, बंजारा, खानाबदोश (*~ tribe*)।

nomadic a. अस्थिरवासी, यायावरीय, पर्यटनशील, विचरणशील, भ्रमणप्रिय, घुमन्ता, घुमक्कड़, खाना-बदोश; परिभ्रमण-विषयक, अस्थिरता-सम्बन्धी, खाना-बदोशका (*~ stage*)।

nomadism n. यायावरत्व, परिभ्रमण-प्रियता, पर्यटन-शीलता, विचरणशीलता, खानाबदोशी (की जिन्दगी)।

nomadize v. i. (चरागाहकी खोजमें) पर्यटन करना, परिभ्रमण करना, विचरण करना, खानाबदोश बनना।

no-man's-land n. निःस्वामिक भूमि, विवादास्पद, भूमि।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

nombrill n. ढालके मध्यके नीचेका बिन्दु।
nom de plume n. उपनाम, कल्पित नाम।
nome n. प्रदेश, देशभाग, भूखण्ड, (प्राचीन मिस्र या आधुनिक ग्रीसका) एक प्रान्त या विभाग।
nomenclative a. तालिका-सम्बन्धी, सूचि-विषयक, फेहरिस्तका; पंजी-सम्बन्धी, चिट्ठेका, किताबवाला, बही-खातेका, रजिस्टरका; नामावली-विषयक, नामपद्धति-सम्बन्धी, नाममाला-सम्बन्धी; परिभाषा-सम्बन्धी।
nomenclator n. (प्राचीन रोम.) दास, ग्राहक, मवक्किल; नाम स्थापक, नामोंका आविष्कर्ता, नामदाता, नाम धरनेवाला, नाम रखनेवाला।
nomenclatural a. पारिभाषिक, परिभाषा-सम्बन्धी; नामावली-विषयक, नाममाला-सम्बन्धी।
nomenclature n. नामपद्धति; नामकरण; नामावली, नाममाला, नामपद्धति, नामतालिका; परिभाषा, नाम, पारिभाषिक शब्दावली; सूचे, तालिका, फेहरिस्त, फर्द; पंजी, चिट्ठा, किताब, बहीखाता, रजिस्टर।
nomic a. व्यावहारिक, लौकिक, प्रचलित।
nominal a. नामविषयक, नामीय, संज्ञाका, संज्ञा-सम्बन्धी, नाम-सम्बन्धी (~ *flexion*); संज्ञा-सदृश, संज्ञा-जैसा, नाममात्रका, बराय नाम; नामयुक्त, नाम-धारी, नामस्थापक; अवास्तविक; वाचनिक, शाब्दिक (~ *definition*); अभिहित (~ *capital*); ~ account झूठा लेखा; ~ rent वस्तुतः नाममात्रका लगान या किराया, ~ roll नामावली;
~ cost, ~ damages, ~ demand, ~ exchange, ~ maintenance, ~ partner, ~ price, ~ sum, ~ value.
nominalism n. नामवाद, कल्पनावाद, सामान्य सत्तावाद, (यह सिद्धान्त कि सामान्य शब्द ध्वनिमात्र हैं इनकी कोई वास्तविक सत्ता नहीं है)।
nominalist n. नामवादी, संज्ञावादी, कल्पनावादी, सामान्य सत्तावादी।
nominalistic a. नामवाद-सम्बन्धी, कल्पनावाद-विषयक, सामान्य-सत्तावाद-सम्बन्धी।
nominally adv. नाममात्रको, बराय नाम।
nominate v.t. नामित करना, नाम निर्दिष्ट करना, नाम बताना; नामसे पुकारना; नियोग करना, नियुक्त करना, मनोनीत करना, नामजद करना; निर्वाचनार्थ प्रस्ताव करना।
nominated a. नामनिर्दिष्ट, निर्दिष्टनामा, नामित, नियुक्त, नामीकृत, मनोनीत, नामजद (~ *member*)।
nomination n. नामनिर्देशन; नामन, नामीकरण, नामजदगी, मनोनयन; नियोग, नियोजन, प्रतिष्ठापन, मनोनीत करनेका अधिकार, नियुक्त करनेका अधिकार।
nominatival a. नामनिर्देशन-सम्बन्धी, नामजदगीका; नियोजन-विषयक, मनोनयनीय, मनोनीति-सम्बन्धी (~ *principles*); कर्तृकारक-सम्बन्धी।
nominative[1] a. कर्तृकारक, कर्ता, प्रथमा विभक्ति; ~ absolute पूर्ण कर्ता, पूर्ण अपादानकारकमें कृदन्तीय प्रयोग जिसका कर्तासे सम्बन्ध हो न कि क्रियासे (जैसे, *this being so, I did nothing*)।
nominative[2] a. (व्या०, कारक) कर्तृकारक-सम्बन्धी, कर्तृ-कारक-बोधक (~ *ending, form*); नामकारी।
nominator n. नामक, नामनिर्देशक, नाम बतानेवाला, नाम लेनेवाला; नामनकर्ता, नियोगकारी, मनोनयनकारी, मनोनीत करनेवाला, नामनिर्दिष्ट करनेवाला; नियोजक; प्रस्तावक।
nominee n. निर्वाचित व्यक्ति; नामीकृत या नामित व्यक्ति, निर्दिष्टनामा व्यक्ति, मनोनीत व्यक्ति, नामजद आदमी; नियुक्त या अधिकृत व्यक्ति; (पद या निर्वाचनके लिए) प्रस्तावित व्यक्ति।
nomistic a. विधि-आधारित, धर्मपर आधारित।
nomography n. विधि-वर्णन, नियमोंको वर्णित करनेकी कला।
nomology n. विधि-विज्ञान, नियमशास्त्र, अनुगम-शास्त्र।
nomothetic a. विधि-विषयक, विधिकर्ता-सम्बन्धी, विधानकार-सम्बन्धी।
non-abstainer a. अनिग्रही, (जो मदिरा इत्या• से नहीं बच पाता)।
non-acceptance n. अस्वीकृति, नामंजूरी।
non-access n. (कानून) अनुपगम, अनभिगम्यता।
nonage n. अवयस्कता, अप्राप्तवयस्कता, बाल्यावस्था, लड़कपन, नाबालिगी; प्रारम्भिक अवस्था; अप्रौढ़ता, अपूर्णता, अपरिपक्वता।
nonagenarian a. & n. (८९ और १०० वर्षके बीचकी आयुवाला व्यक्ति), नवतिवर्षीय (व्यक्ति)।
nonagesimal n. क्षितिजसे नब्बे अंशका कोण।
non-aggression n. अनाक्रमण, अनभिघात।
nonagon n. नवभुज, नवकोण।
non-apparent n. अप्रत्यक्ष, परोक्ष (~ *easement*)।
non-appearance n. (विशे० न्यायालयमें, पक्ष या साक्षीकी) अविद्यमानता, अदर्शन, अनुपस्थिति, गैरहाजिरी।
non-applicant a अनावेदक।
non-arrival n. अनागमन।
nonary १. n. नवक; २. a. नवमय, नौ-नौका।
non-attendance n. अनुपस्थिति, गैरहाजिरी।
non-belligerent a. &. n. तटस्थ (राष्ट्र), युद्ध-विरत, युद्धमें क्रियात्मक रूपसे भाग न लेनेवाला (देश)।
nonce n. वर्तमान समय, वर्तमान काल, तबतकका समय, फिलहाल (*for the* ~); ~-word समय-शब्द, एक अवसरके लिए गढ़ा हुआ शब्द।
nonchalance n. अनुत्तेजना, अनुत्तेजित अवस्था, अटलता, अचलता, दृढ़ता, स्थिरता; विरति, उदासीनता, तटस्थता, निःसंगति, अपक्षपातिता।
nonchalant a. अनुत्तेजित, अविचलित, अटल, अचल, दृढ़, स्थिर; निरुत्सुक, उदासीन, निःस्पृह, तटस्थ, अपक्षपाती।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

non-cognizable a. असंज्ञेय; अहस्तक्षेप्य (~ *offence*)।

noncollegiate a. अविद्यालयीय, किसी महाविद्यालयसे असम्बद्ध; (विश्वविद्यालयके) अन्तर्भुक्त कालेजसे भिन्न।

non-combatant a. & n. असांगरिक, असामरिक, असंयोधी, निरायुध, अयोद्धा, अयुद्धकारी, युद्धविरत, असैनिक नौकर; नागर, जनपदाधिकारी।

non-commissioned a. अनायुक्त (~ *officer*), अनाज्ञप्त, अनधिकृत, बिना किसी सनदके।

non-committal n. अनार्पण, अनात्मसमर्पण, अप्रतिश्रुति (किसी निश्चित गति अथवा पक्षकी ओर) प्रतिज्ञाबद्ध होनेसे बचाव, किसी पक्षमें मतामत न देना, मतामत-विरक्ति (~ *answer*)।

non-communicant a. & n. (ईसाके अन्तिम भोजके स्मरणार्थ होनेवाले) उत्सवकी उपासनामें अनुपस्थित (व्यक्ति)।

non-compliance n. अननुवर्तन, अपालन।

non compos a. (कानून) मूर्ख, पागल, झक्की।

non-concurrence n. अमेल; असंयुक्त कार्य या स्थिति।

non-conducting a. असंवाही, अपरिचालक (जो ताप या विद्युत्का संचालक न हो)।

non-conduction n. असंवाहन, अपरिचालन।

non-conductor[1] n. असंवाहक, अतापवाही माध्यम, अविद्युद्वाही पदार्थ।

non-conforming a. प्रचलितधर्म-विरोधी।

nonconformist n. विरोधी, अननुवर्ती, भिन्न मतावलम्बी, मतान्तरावलम्बी, प्रोटेस्टैण्ट, नानकन्फर्मिस्ट; ~ conscience (प्रोटेस्टैण्ट लोगोंमें प्रचलित) उचित-अनुचित-सम्बन्धी विचार, सदसद्विवेक।

nonconformity n. भिन्न मतावलम्बन, मतान्तर-ग्रहण; प्रोटेस्टैण्ट मतभेद; विरोध, अनैक्य।

non-congestive a. (चिकि०) अरक्तसंकुल (~ *heart failure*)।

non-conservative a. रूढ़िविरोधी; विनाशी, असंरक्षी।

non-contagious a. असांसर्गिक (~ *cases*)।

non-content n. असन्तुष्ट।

non-co-operation n. असहयोग (जैसे, ~ *movement*)।

non-dangerous a. अभयावह, अभय (~ *point*)।

non-delivery n. अनर्पण, अदान, अप्रदान।

nondescript[1] n. श्रेणीच्युत जीव, अवर्गीकृत जाति या वस्तु; अकथनीयता, अवाच्यता, अवर्णनीयता; वर्णसंकर, दो नस्ला पौधा या जानवर।

nondescript[2] a. अवर्णित; विलक्षण, अपूर्व, क्रममें न रहनेवाला।

none[1] pron. कोई नहीं, कोई भी नहीं, (जैसे, ~ *of this concerns me*); कोई व्यक्ति नहीं (~ *but fools have ever believed*)।

none[2] a. नहीं, कोई नहीं (जैसे, *poetry we have almost ~*)।

none[3] adv. किसी परिमाणमें नहीं, लेशमात्र नहीं, बिलकुल नहीं; (*are ~ so fond of it*)।

non-effective a. अकार्यसाधक, अप्रभावी, प्रभाव-हीन, निष्प्रभाव, निष्फल, असमर्थ।

non-efficient a. अकार्यक्षम, असाधक, अकुशल।

non-ego n. (अध्या०) अनहम्, अनात्म।

non-elect a. अनिर्वाचित।

non-election n. अनिर्वाचन।

non-elective a. अनिर्वाचनीय।

nonentity n. असत्ता, अनस्तित्व, सत्ताहीनता, अस्तित्वहीनता, शून्यता, अभाव, अविद्यमानता, असत्व, अवस्तु; महत्त्वहीन व्यक्ति, नगण्य पुरुष; शून्य।

Nones n. (pl. -*us*) IDES के आगे-पीछेका दिन, (मार्च, मई, जुलाई, अक्टूबरकी ७वीं तथा अन्य महीनोंकी ५वीं तारीख); (ईसा०) अपराह्णकालीन उपासना, एक धार्मिक कृत्य।

non-essential a. असारभूत, असारवत्, अनपेक्षित, अनावश्यक।

nonesuch n. अतुल वस्तु, असामान्य वस्तु, असाधारण पदार्थ; अनुपम पुरुष।

non-existent a. अविद्यमान, अस्तित्वहीन।

non-feasance n. अकरण, अपकरण, कृत्यलोप, अवश्यपूरणीय अभाव।

non-ferrous a. लौहहीन; लौह-भिन्न, लौहेतर।

non-flammable a. अदाह्य, अनभिज्वाल्य, अज्वलन-शील।

non-gazetted a. अराजपत्रित।

non-human a. अमानवीय, मानवजातिके बाहरका।

nonillion n. १०,००,०००[९] = १००,००,००,००,००, ००,००,००,००,००,००,००,००,००,००,००,००,००, ००,००,००,००,००,००,००,००।

non-interference n. (विशे०, राजनीति एवं अन्तर्राष्ट्रीय मामलोंमें) निर्बाधता, अहस्तक्षेपनीति, तटस्थता।

non-intervention n. दे० NON-INTERFERENCE.

non-interventionist n. अहस्तक्षेपी, तटस्थ।

non-joinder n. (कानून) असंयोजन, त्याग, उत्सर्ग।

non-juring a. शपथ न लेनेवाला।

non-juror n. शपथ न लेनेवाला व्यक्ति।

non-jury a. बिना न्याय-सभ्यके निर्णीत।

non-living a. अजीव, निर्जीव, बेजान।

non-logical a. तर्कहीन, अतार्किक, तर्कशून्य, युक्तिशून्य।

non-metal n. अधातु।

non-metallic a. अधातवीय, अधात्वीय, अधातु-सम्बन्धी।

non-moral a. अनैतिक।

non-natural a. अनैसर्गिक, अस्वाभाविक, अप्राकृतिक।

non-observance n. अपालन, उल्लंघन।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

non-official a. अनाधिकारिक; अराजकीय, गैर-सरकारी।

nonpareil[1] n. अद्वितीय वस्तु, अनुपम व्यक्ति; (मुद्र०) टाइपका आकार या विस्तार; छापेका छोटा अक्षर; सेव, चिड़िया, पतंग, गेहूँ आदिकी जातियाँ; अतुल्यता; अतुल उत्कर्ष।

nonpareil[2] a. अद्वितीय, अनुपम, अप्रतिम, निरुपम।

non-party a. दल-निरपेक्ष, निष्पक्ष, निर्दलीय (~ *conference*)।

non-payment n. अशोधन (ऋणादिका), चुकता न करना; अप्रदानता (कर आदिकी)।

non-performance n. अनिष्पादन, अपालन, अकरण, न करना, अनुष्ठान न करना।

nonplus[1] n. अगति, स्तब्धता, गतिरोध, अचल अवस्था; कुण्ठा, विमोह, व्याकुलताकी अवस्था, संकटावस्था, विषम समस्या, असमंजस; *at a ~, reduced to a ~* किंकर्तव्यविमूढ़, हतबुद्धि, हक्का-बक्का।

nonplus[2] v.t. निराश करना, व्याकुल करना, निरुत्तर करना, किंकर्तव्यविमूढ़ करना, हैरान करना, हक्का-बक्का करना।

nonplussed a. कुण्ठित, विमूढ़, विह्वल, संकटापन्न, हक्का-बक्का; गतिहीन।

non-poisonous a. विषहीन (~ *snake*)।

non-productive a. अनुत्पादी, उत्पन्न न करनेवाला।

non-professional a. अव्यावसायिक।

non-proficient a. अकुशल, अप्रवीण।

non-provided a. असज्जित; अनियुक्त; युक्तिरहित।

non-recurring a. अनावर्त्तक (~ *grant*)।

non-residence n. अन्यत्रवास, अनावास, अवास, अपने स्थानपर न रहनेकी स्थिति।

non-resident a. अन्यत्रवासी, अनावासी, अवासी, अपने स्थानपर न रहनेवाला।

non-resistance n. अप्रतिरोध, अप्रतिरोधकता।

non-resistant, non-resisting aa. अप्रतिरोधी, अप्रतिरोधक।

nonsense[1] n. प्रलाप, मृषालाप, अनर्थक वाक्य, अर्थ-हीन वाक्य, असंगत बात, असम्बद्ध वचन, निरर्थक शब्द, बेहूदगी; मूर्खतापूर्ण व्यवहार, झक; कुप्रबन्ध (जिसे कोई अस्वीकृत कर दे); ~ book बेहूदगीसे मजाक उड़ानेके मतलबसे लिखी गयी पुस्तक; ~ verses पूर्णतया असंगत पद्य।

nonsense[2] int. बकवास !, क्या, बेकारकी बात है !

nonsensical a. अनर्थक, अर्थहीन, निरर्थक, असंगत, असम्बद्ध, मूर्खतापूर्ण।

non-sequitur n. (कानून) अफल, अनिर्णय, अपरिणाम, अघटित परिणाम।

non-skid a. (पहिया) न फिसलनेवाला, सुरक्षीकृत।

non-social a. समाजनिरपेक्ष, असामाजिक, समाज-बाहर।

non-stop a. अविराम, निरन्तर, लगातार; अनवरोधी।

non-suburban a. अनुपनगरीय, नगरोपान्तबाह्य (~ *area*)।

nonsuch n. = NONESUCH.

nonsuit[1] n. वादावसान,(मुकदमेकी) रोकाई, खारिजी।

nonsuit[2] v.t. वादावसान करना, (कानून, मुकदमेको) रोक देना, खारिज कर देना।

non-supporter n. (रसा०) अपोषक।

nontronite n. जलायस्सिज, नाण्ट्रोनाइट।

non-union a. असंघीय।

nonuple a. नवसंख्यायुक्त, नौगुणा।

nonus दे० PRIMUS[1].

non-vegetarian a. मांसाहारी; सामिष, मांसयुक्त।

non-violence n. अहिंसा।

non-violent a. अहिंसात्मक (~ *resistance*)।

non-voluntary a. इच्छानिरपेक्ष, अनैच्छिक, जबर-दस्ती।

noodle[1] n. निर्बोध, अबोध, अज्ञान, मूर्ख, जड़मति, मूढ़, अनाड़ी, गावदी, बुद्धू।

noodle[2] n. लपसी, नूडल।

noodle[3] v.t. सेंवईं पूरना; लपसी बनाना।

noodledom n. मूर्खता, मूढ़ता, बुद्धूपन।

nook n. निभृत स्थान, निर्जन स्थान, अलग जगह; विश्रान्ति, विराम, छुट्टी; आला, ताक; कोण, कोना, गोशा।

noon १. n. मध्याह्न, मध्यकाल, दुपहर, दोपहर; (ला०) चरम उत्कर्ष, चरम उन्नति, चरम सीमा; २. a. माध्याह्निक; ~ day मध्याह्न, मध्यकाल, दोपहर इत्यादि; ~tide = ~day।

nooning n. मध्याह्न-श्रमापनोदन, दोपहरका आराम।

noose[1] n. विवाहबन्धन; पाश, बन्धन, फाँद, फन्दा, कमन्द, जाल; मेल, जोड़; इकरारनामा, तमस्सुक; बेड़ी, कैद।

noose[2] v.t. पाशबद्ध करना, फन्देमें डालना, फँसाना, कमन्दसे जकड़ना, कैद करना; (डोरी इत्यादिका) फन्दा बनाना, फन्दा डालना, फन्दा लगाना।

nopal n. अमरीकी नागफनी।

nor[1] adv. (प्रा०) = NEITHER (~ *gold ~ silver*)।

nor[2] conj. अधिक नहीं, और नहीं, और न, न तो, दोनों नहीं, दोनोंमेंसे एक भी नहीं (जैसे, *not a man ~ a child was to be seen*)।

Nordenfelt n. एक प्रकारकी मशीनगन, मशीनसे चलनेवाली तोप-विशेष।

Nordic a. उदीच्य, नार्डिक, उत्तरी जाति-सम्बन्धी।

Norfolk jacket n. पेटीवाली खुली जैकिट।

noria n. (कुएँका) रहट।

norland n. उत्तरी भूभाग, देश या सीमा।

norm n. मान, प्रमाप, प्रतिमान, मानक, कसौटी; आदर्श, नमूना; श्रेणी, कक्षा; चिह्न, लक्षण, उदाहरण, डौल।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

normal[1] n. (ज्या०) अभिलम्ब, लम्ब रेखा; (भौ० शा०) (निरूपित मात्राओंका) मध्यमान, मध्यस्थ; साधारण स्थिति; मान, प्रतिमान, प्रमाप; समतल भूमि; (मानव शरीरका) सामान्य तापमान; ~ school प्रशिक्षण विद्यालय, शिक्षक पाठशाला।

normal[2] a. लम्बरूप, अभिलम्ब-, लम्बस्वरूप; यथार्थ, ठीक; प्रकट, स्वाभाविक, प्राकृतिक, सामान्य, साधारण, प्रसामान्य, मामूली; यथाक्रम, नियमित, वैधिक, सुव्यवस्थित, प्रणालीबद्ध, प्रामाणिक, संगत; अभ्याससिद्ध; आदर्शरूप, आदर्शानुरूप, सिद्ध, नमूनेके उपयुक्त; प्रचलित।

normalcy n. मध्यमावस्था, मध्यमदशा।

normality n. लम्बरूपता, लम्बस्वरूपता; एकरूपता, नियमितता; यथार्थता; समतलत्व; प्राकृतिक अवस्था; क्रमयुक्तता, सुव्यवस्थितता, प्रणालीबद्धता; आदर्शस्वरूपता; प्रचलितता, साधारणता।

normalization n. नियमन, नियम-निर्धारण; एकरूपीकरण, समतलीकरण; यथार्थीकरण; प्रणालीबन्धन, सुव्यवस्थितीकरण; सामान्यीकरण, प्रचलन; आदर्शीकरण।

normalize v.t. नियम बनाना, नियमबद्ध करना; एकरूप करना, समतल करना; यथार्थ होना; प्रणालीबद्ध करना, सुव्यवस्थित करना; आदर्शस्वरूप होना, नमूना बनाना; सामान्य होना, साधारण करना या होना।

normalizing n. = NORMALIZATION.

normally adv. सामान्यतः।

Norman a. ((फ्रांसके) नारमण्डीका, नार्मन, नार्मनोंका, नार्मण्डीवासी-सम्बन्धी (~ *English*); N~ French (नार्मनजाति द्वारा प्रयुक्त) फ्रांसीसी भाषा; ~ style स्थापत्यमें नार्मन शैली।

Normanesque a. नार्मन-स्थापत्यशैली-व्यंजक।

Normanism n. नार्मनवाद; नार्मन-शैलीका जीवन; नार्मन शैली, नार्मन रीति, नार्मन प्रकार, नार्मन मुहावरा।

Normanization n. नार्मनीकरण।

Normanize v.t. & i. नार्मन रीतिका अनुसरण करना, नार्मनका ढंग अपनाना, नार्मन बनना या बनाना।

normated a. प्रमापानुरूप, मानयुक्त।

normative a. प्रामाणिक (~ *currency*); प्राकृतिक, यथाक्रम, आदर्शी (~ *science*)।

Norse a. प्राचीन स्कैण्डिनेवियाका, नार्वे-सम्बन्धी, नार्वीजी, नार्वेका; ~land नार्वे, नार्वेकी भूमि; ~man नार्वी, नार्वे निवासी, नार्वीजी।

Norsk n. & a. = NORSE.

north[1]* n. उदीची, उत्तर*, उत्तर दिशा; (हम्बरको छोड़कर) इंग्लैण्डका उत्तरी भाग; (अमरीकाका) दास प्रथारहित उत्तरी राज्य; (किसी देशका) उत्तरीभाग; उत्तरी वायु; ~-east, ~-west (सं० NE., NW.) ईशान, वायव्य; ईशान दिशावर्ती प्रदेश, वायव्य दिशावर्ती प्रदेश; ईशान दिशावर्ती; ~ light उत्तरी वात्यालोक, उषादेवी; N~man नार्वेका अधिवासी; N~ polar उत्तरध्रुवीय, उत्तरीध्रुवका; N~ Pole उत्तरध्रुव; ~ star = POLE-star।

north[2] a. उत्तरस्थ, उत्तरवासी, उत्तरी, उत्तरदिशामें स्थित (N~ *America, pole*); उत्तरमुखी, उत्तरके सम्मुख स्थित; उत्तरसे आगत; ~-east ईशान, ऐशानी; magnetic ~ चुम्बकीय उत्तर (जिस ओर कुतुबनुमाकी सुई रहती है); N~ Britain (पता या ठिकानाके लिखनेमें, सं० N. B.) स्काटलैण्ड; स्काटिस्तान; N~ Briton स्काटलैण्डवासी, स्काटिस्तानी; N~ Country इंग्लैण्डका उत्तरी भाग; N~ Countryman उत्तरी इंग्लैण्डका अधिवासी; ~-~east a., adv. & n. (सं० N.NE) उत्तरी ईशान कोण, उत्तर और उत्तर-पूर्वके बीचका (प्रदेश); ~ easterly, eastern, eastward उत्तर-पूर्वकी ओर; ~-~west a. adv. & n. (सं० N.NW) उत्तर और उत्तर-पश्चिमके बीचका (प्रदेश); ~ westerly, -western, westward उत्तर-पश्चिमकी ओर।

north[3] adv. उत्तर दिशामें, उत्तरमें, उत्तरकी ओर।

north-easter n. उत्तरपूर्वस्थित, उत्तर-पूर्वी।

norther ⊙ n. (मैक्सिकोकी खाड़ीमें शरत्कालमें बहनेवाली) प्रचण्ड शीतल उत्तरी वायु।

northerly[1] a. उदीच्य, उदीचीन, उदीची-प्रवण, उत्तर दिगुन्मुख; (विशे० वायु) उत्तरी, उत्तरदिशासे आगत; उत्तरवासी।

northerly[2] adv. उत्तरकी ओर।

northern[1] n. उदीच्य, उत्तरदेशवासी, उत्तरमें रहनेवाला।

northern[2] a. उदीचीदिक्स्थ, उत्तरस्थ, उत्तरी ⊙, उत्तरका; उत्तरसे आगत; उत्तरदिशाका; ~ lights उत्तरी वात्यालोक, ध्रुवज्योति, उषा देवी।

northerner n. उत्तरदेशवासी, उत्तरी व्यक्ति, उत्तरमें रहनेवाला।

northernmost, northmost aa. सुदूर उत्तरी, सुदूर उत्तरका, सबसे उत्तरका, बिल्कुल उत्तरी सिरेका।

northing n. (जलपोतका) उत्तरपारण, उत्तरदिशाकी ओर विपथन (*two miles* ~)।

northwardly a. = NORTHWARDS[2]।

northwards[1] n. उत्तरी प्रदेश, उत्तर दिशा।

northward(s)[2] adv. उत्तराभिमुख, उत्तरको, उत्तरकी ओर।

north-wester n. उत्तर-पश्चिमी हवा।

nor'wards = NORTHWARD(S).

nor'wester n. उत्तर-पश्चिमी हवा; एक गिलास तेज शराब; मोमजामेका टोप: कालबैसाखी।

nose[1]* n. नासा, नासिका, घ्राणेन्द्रिय, नाक*; घ्राणबोध, घ्राणशक्ति, घ्राण-चेतना, सूँघनेकी शक्ति; गन्ध, सुगन्ध, महक, खुशबू; (नली घौंकनी इत्यादिकी) टोंटी, सिरा; पोतका अग्रभाग; (किसी वस्तुका) बाहर निकला हुआ भाग; (ला०) बुद्धिमानी; ~ bag घोड़ेके मुँहमें लगा झोला; ~ band प्रोत्थ, पूजीपत्ता (लगामकी निचली पट्टी); ~dive (वायुयानका) झटकेके साथ उतरनेकी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

क्रिया; नीचेकी ओर अचानक उतरना; ~gay कुसुम-स्तबक, पुष्पगुच्छ, फूलोंका गुच्छा; ~-monkey सूँड़वाला बन्दर; ~ of wax मोमकी नाक, ढुलमुल आदमी; ~-piece = ~band; ~-pin फुल्ली, पुहली; ~rag जेबी रूमाल; ~-ring बैलकी नाथ; नथ, नथनी, नथुनी; ~warmer (ग्रा०) छोटा नलका, छोटा पाइप; *bite* or *snap* one's ~ *off* झुँझुलाहटके साथ उत्तर देना; *count* or *tell* ~*s* साथी गिनना, अपने पक्षके लोगोंका नाम लेना; *cut off* one's ~ *to spite* one's *face* अपनी हानि करके दूसरेको लांछित करना; *follow* one's ~ अन्तर्वृत्ति द्वारा परिचालित होना, नाककी सीधमें जाना; *pay through the* ~ भारी कीमत देना, कड़ा दाम भरना; *poke, thrust, etc.* one's ~ अनधिकार चेष्टा करना, हस्तक्षेप करना, दखल देना; अनधिकार प्रवेश करना; *put* one's ~ *out of joint* (चालाकीसे किसी व्यक्तिके स्थानपर) अधिकार करना; व्याकुल करना, निराश करना, नजरसे गिर जाना; *turn up* one's ~ *at* नाक सिकोड़ना, किसीके प्रति घृणा दिखाना; *under* one's ~ किसीके मुँहपर, बिलकुल सामने;

~-belled, ~bleed, ~ bone, ~ flute, ~ high, ~-leafed, ~-led, ~-pulled.

nose[2] v.t. & i. आघ्राण करना, घ्राण लेना, सूँघना, गन्धका अनुभव करना; गन्ध द्वारा पता लगाना, सूँघकर पता लगाना; नाक घुसेड़ना; नाक लगाना, नाकसे रगड़ना, नाकसे मलना; जोरसे साँस खींचना, जोरसे सूँघना, टोह लेना, पता लगाना, खोजना (~*s a job in everything*), खूब जाँच करना; धक्का देना, ठेलना; घुस जाना (~ one's *way*); (विशे० पोतका) पानीको चीरकर आगे जाना; (सतह इत्या० का) नीचेको झुकना, सतहपर उभर आना; अनुनासिक उच्चारण करना, नकियाना, नकनकाना, नाकसे बोलना।

nosed a. सनासा, नाकदार, नाकवाला।

noseleaf n. (चमगादड़का) नासपुट, झिल्ली।

noseless a. अनासिक, नासाविहीन, नकटा, बिना नाकका।

noser n. (सामनेकी) तीक्ष्ण वायु, विरोधी वायु, भीषण वायु।

nosey a. नासावान्, नासिकावान्, नाकदार।

nosing n. (साँचेमें ढला हुआ) सीढ़ीके डण्डेका गोल किनारा; धातुका एक खेल।

nosocomial a. चिकित्सालयीय, चिकित्सालय-सम्बन्धी, अस्पतालका।

nosography n. रोगनिदान, चिकित्सा-शास्त्र।

nosological a. व्याधितत्त्वीय, रोग-विज्ञान-सम्बन्धी, (औषध-विज्ञानकी एक शाखा-विशेषसे सम्बन्धित)।

nosologist n. व्याधितत्त्ववेत्ता, रोगवैज्ञानिक, रोग-निदानशास्त्री।

nosology n. व्याधितत्त्व, रोगनिदानशास्त्र, रोग-विज्ञान, रोगोंका वर्गीकरण, रोगोंका श्रेणी-विभाजन।

nosophobia n. व्याधि-भय, रोग भय।

nostalgia n. आध्यान, गृहविरह-आतुरता, घर पहुँचनेकी व्याकुलता, घरकी याद।

nostalgic a. गृहातुरता-सम्बन्धी, घरपर पड़े रहनेकी आदतसे सम्बन्धित।

Nostradamus n. ज्योतिषी, भविष्य-वक्ता।

nostril n. नासारन्ध्र, नासिका-छिद्र, नासाद्वार, नथुना; *stink in* one's ~*s* बदबू देना, बुरा लगना।

nostrilled a. नासारन्ध्रयुक्त।

nostrum n. कठवैदकी ओषधि, नीम हकीमका उपचार; राजनीतिक सुधारकी युक्ति, सामाजिक सुधारका विशेष कौशल, लटका।

nosy a. & n. दीर्घ नासावाला (व्यक्ति), बड़ी नाक-वाला (आदमी); दुर्गन्धियुक्त (अनाज या घास); सुगन्धित (चाय); (दुर्गन्धियोंका) प्रभाव ग्रहणशील (व्यक्ति), संवेदनशील (व्यक्ति); (ग्रा०) जिज्ञासु, कुतूहली।

not*, **n't** advv. & a. न, मत, नहीं*; ~ affected अप्रभावित; ~ available अप्राप्य, अलभ्य; ~ existing अविद्यमान; ~ guilty निर्दोष; ~ half (ग्रा०) बहुत अधिक, बहुत; ~ paid अशोधित; ~ relative निरपेक्ष; ~ sufficient (सं० N. S.) अनादरण, धनादेशपर अधिकौषिकका चिह्न; ~ *at all* कदापि नहीं, बिलकुल नहीं; ~ *exceeding* अधिक-से-अधिक, तक; ~ *including* छोड़कर; ~ *more than* अधिक-से-अधिक; ~ *once* or *nor* ~ *twice* कई गुणा, कई गुना, बार-बार।

notabilia n. pl. विशेष कथन, स्मरणीय कथन।

notability n. प्रसिद्धि, कीर्ति, प्रख्याति; प्रख्यात व्यक्ति; महत्त्व, आदर, उल्लेखनायता (*names of no historical* ~); दर्शनीय पदार्थ, स्मरणीय वस्तु; (ग्रा०) सुगृहिणी-कला, सुगृहिणी-कौशल, सुगृहिणी-पटुता, अच्छी घरैतिनकी दक्षता।

notable[1] n. कुलीन जन, विशिष्ट पुरुष, प्रख्यात व्यक्ति।

notable[2] a. स्मरणीय, अवधारणीय, उत्कृष्ट, उत्तम, विशेष, विशिष्ट, दर्शनीय; अपूर्व, अद्भुत, असामान्य, असाधारण, विलक्षण; ख्यात, प्रख्यात, प्रतिष्ठित, प्रथित, प्रसिद्ध, नामवर, जानामाना; (रसा०) संलक्ष्य, प्रत्यक्ष्य (*a* ~ *quantity*); योग्य; अनुभवनीय, अनुभवगम्य; समर्थ, योग्य, ग्रहण-क्षम, धारणक्षम; सुगृहिण्योचित, सुगृहिणी-सुलभ।

notably adv. विशेषतः, विशेषतया, विशेषकर, विशेष रीतिसे, प्रमुख रीतिसे।

notandum n. अवलोकनीय वस्तु, नोट करने योग्य चीज।

notarial a. विपत्र-प्रमाणक-सम्बन्धी, प्रमाणित करनेवाले नोटरीसे सम्बन्धित; ~ stamp विपत्र-प्रमाणक-मुद्रांक।

notary n. (~ *public* भी) विपत्र-प्रमाणक, लेख्य-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

प्रमाणक, लेखप्रमाणक, नाजिर रजिस्टरी, (हुण्डी दस्तावेज आदिकी सत्यता प्रमाणित करनेवाला कानूनी कर्मचारी-विशेष), नोटरी।

notate a. अंकलेखनीय, अंकलेखन-सम्बन्धी।

notation n. अंकन, अंकलेखन, अंक-विद्या, गणना, संकेत, संकेतन; स्वरलिपि, संकेतलिपि, संक्षेपलेखन; (अंकों, मात्राओं इत्यादिका) चिह्नों द्वारा चित्रण, अंकलेखरीति; चिह्न।

notational a. संकेत-विद्या-सम्बन्धी; अंक-विद्या-विषयक।

notch[1] n. दन्त, दाँता; संकीर्ण पथ, तंग रास्ता, दर्रा ⊙; छिद्र, छेद; काकपद, खाँचा, मोखा, कटाव; कर्त, काट; (अव क्रि०) क्रिकेटमें बनाया हुआ रन; ~-board वह तख्ता जहाँ सीढ़ियाँ खतम होती हैं; ~-wing छिदे पंखवाला एक पतंगा।

notch[2] v.t. दाँते बनाना, दाँते डालकर आरा बनाना, दाँतेदार बनाना; (सीढ़ियोंके जीनेमें) दाँतोंके जरिये जड़ना; छिद्र करना, खाँज डालना, दरार करना, कर्तन करना, काटना; काकपदमें रोपण करना, खाँचेमें लगाना।

notched a. (वन०, जन्तुवि०) दन्तुर, दन्दानेदार, दाँतेदार; छिद्रमय, खाँजदार, दरारदार।

notchy a. (वन०, जन्तुवि०) दन्दानेदार, दाँतेदार।

note[1]* n. स्वर (*there is a ~ of complacency in his voice*); गानस्वर, संगीत-ध्वनि; कम्प, थरथराहट, तान, गिटकिरी ⊙; (स्वरकी ऊँचाई एवं अवधिका) लिखित चिह्न ⊙; (पियानो इत्या० का) परदा: नोट*; संगीत-सम्बन्धी यन्त्र; (पक्षियोंके कलरवमें) एकाकी स्वर; चिह्न, अंक, सांकेतिक चिह्न, निशान, टीप; संकेत, इशारा; निदर्शन, लक्षण; लांछन, कलंक, दाग, बट्टा; अवधेय, आलोक, अवलोक; (तथ्यों, मुद्रणों या विषयोंका) संक्षिप्त स्मारक-लेखा, हुण्डी; (प्रायः pl.) भाष्य, टीका, टिप्पणी, जोड़ी हुई व्याख्या, परिपत्र, संक्षिप्त पत्र, चिट्ठी, परचा, दिखाऊ कूटनीतिक पत्रव्यवहार; यश, ख्याति, प्रथितता, प्रतिष्ठा, प्रसिद्धि, कीर्ति, सम्मान; महिमा, महत्त्व, गौरव, उच्चपद, उच्चस्थान (*critic, philosopher, of ~*); विज्ञप्ति, सूचना, चेतावनी, घोषणा; अर्थपत्र, रुपयोंका नोट; बुना हुआ जालीका काम ⊙; bank-~ अधिकोष-पत्र; ~book आलोक-पुस्तिका, स्मरण-पुस्तिका, स्मरण-लिपि, याददाश्तकी कापी, प्रपत्र-पुस्तिका, नोटबुक; ~ paper आलोकपत्र, टिप्पण-पत्र, पत्र लिखनेका कागज; ~ broker, ~ cancellation section, ~ circulation, ~ enclosed, ~ examination, ~ examiner, ~ refunds rules, ~ sheet, ~-taking, ~ verification section.

note[2] v.t. अवधृत करना, ध्यान देना, विचारना, सोचना, ध्यानपूर्वक देखना; टीपना; लिखना, टाँक लेना, लिपिबद्ध करना, लिख लेना; व्याख्या करना, टिप्पणी करना, टीका करना; चिह्नित करना।

noted a. प्रथित, प्रख्यात, प्रसिद्ध, विख्यात, लब्धप्रतिष्ठ, विश्रुत, नामी, नामवर ⊙; आलोकित; लिखित, अभिलिखित, अंकित; लक्षित, निरूपित; ~ *below* निम्नांकित।

noteless a. अप्रथित, अख्यात, अविख्यात, अप्रसिद्ध, अतिसाधारण; (संगीत) अस्वरीय।

notelet n. छोटी स्मरण पुस्तिका, छोटी नोटबुक।

noter n. टिप्पणीकार।

noteworthy a. अवधारणीय, ध्यान देने योग्य, विचारणीय, विचारयोग्य।

nothing[1] n. शून्य (०), अवस्तु, कोई वस्तु नहीं, कुछ नहीं, नाचीज; अत्यन्त निकृष्ट वस्तु, तुच्छ वस्तु, नगण्य वस्तु; (अंक०) मिश्रधनाभाव; अविद्यमानता, अनस्तित्व, अभाव; नगण्य उक्ति; तुच्छ व्यक्ति (*the new officer was ~*); नास्तिवाद, जड़वाद, अज्ञेयवाद; *all to ~* सब बेकार; विश्वास नहीं होता; असम्भव; *be ~* नास्तिक होना, जड़वादी होना; *can make ~ of* मुझे समाधान नहीं मिलता, मैं इसे नहीं समझ सकता, यह मेरे कामका नहीं, यह किसी कामका नहीं; *come to ~* व्यर्थ होना, निष्फल होना, असफल होना, टाँय-टाँय फिस्स होना; *dance on ~* फाँसी पाना, फाँसीपर टँगना; *fade away to ~* धीरे-धीरे लुप्त होना; *for ~* फोकटमें, मुफ्त; *make ~ of* क्षुद्र समझना, तुच्छ समझना, नगण्य समझना; *~ else than* यही, मात्र; *~ less than* सरासर, पूरा; *~ venture ~ have* हिम्मत किये बिना कुछ नहीं बनता।

nothing[2] adv. किसी रूपमें नहीं, तनिक भी नहीं, बिलकुल नहीं; (अमेरिकी, विस्म०, बोल०) कदापि नहीं, किसी भी प्रकार नहीं, जरा भी नहीं, हर्गिज नहीं।

nothingness n. अभाव, शून्यता; असत्व, अविद्यमानता, अनस्तित्व, अस्तित्वाभाव, अस्तित्वहीनता; असारता, अयोग्यता, नगण्यता; अगुरुत्व; अगौरव; तुच्छ पदार्थ, मामूली बात; अप्रयोजन, अनाडम्बर; निरर्थकता।

nothosaur n. कूटसरट, विजात सरट।

notice[1] n. वृत्ति, वार्ता, वृत्तान्त, वर्णन, कथन, संवाद, सूचना, सन्देश, संकेत, निवेदन, खबर; घोषणा, एलान; चेतावनी देनेवाली घटना; चेतावनी, आगाही, तम्बीह; विज्ञापना, विज्ञप्ति, विज्ञापनयुक्त घोषणा; निर्देश, उल्लेख; मनोयोग, अवधान, ध्यान, सावधानी; बोध, ज्ञान, अवगति; अवलोकन, निरूपण, अवेक्षण; (समाचारपत्रमें किसी वस्तुपर) लेख, अनुच्छेद; (पुस्तक, नाटक इत्यादि-पर) टिप्पणी; आदर, सत्कार; सूचनापत्र; ~-board सूचनापट्ट, विज्ञप्ति-पट्ट, सूचनाफलक, नोटिस-बोर्ड; *at short, ten minutes'*, etc. ~ थोड़ी देरकी सूचनापर, दस मिनटके नोटिसपर; *bring to ~* ध्यानमें लाना; *come into ~* ध्यान आकर्षित करना; *take no ~ of* उपेक्षा करना, परवाह न करना; *take ~ of* ध्यान-पूर्वक देखना; समझना; *take ~ that* वह चेतावनी देता है कि।

notice[2] v.t. अवलोकन करना, अवधान देना, ध्यान

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

देना, अवहित होना, देखना, बूझना, खबर लेना; विनम्रतासे व्यवहार करना, सत्कार करना, भद्रतासे व्यवहार करना; सूचित करना (*was ~d to quit*), नोटिस देना, नोटिस जारी करना; आलोचना करना, टीका-टिप्पणी करना; उल्लेख करना, कहना, बोलना, बातचीत करना।

noticeable a. अवधेय, अवधारणीय, विचारणीय; दर्शनीय, देखने योग्य; सूच्य।

notifiable a. अधिसूच्य, अवश्य सूचनीय, प्रज्ञापनीय, प्रख्यापनीय (*~ disease*)।

notification n. विज्ञप्ति, अधिसूचना, ख्यापन, प्रज्ञापन, घोषणा, विज्ञापन, सूचना; संज्ञप्ति-पत्र, घोषणापत्र, विज्ञापनपत्र।

notified a. अधिसूचित, घोषित (*~ area, boundary*)।

notify v.t. ज्ञापन करना, प्रसिद्ध करना; घोषित करना, जताना; वर्णन करना, बयान देना; अधिसूचित करना, अधिसूचना देना, सूचना देना, संवाद देना।

noting n. टिप्पण, लेखन।

notion n. आशय, अभिप्राय; बोध, भावना, मनोभाव; कल्पना, अनुमान; धारणा, सम्मति, मत, मति, विचार, सिद्धान्त, विश्वास, राय (*has a ~ that––*); योग्यता, क्षमता, शक्ति; समझ (*has no ~ of discipline*), सस्ती और कम मूल्यकी वस्तुएँ ⊙; (pl.) स्काटलैण्डके विंचेस्टर कालेजका परम्परागत) विशेष शब्द-भण्डार; *~ counter* ⊙ बिसातीका बाना।

notional a. (ज्ञान इत्यादि) सैद्धान्तिक, चिन्तनशील; मनोगत, ख्याली; (वस्तु) काल्पनिक, कल्पित, कल्पनापूर्ण; लहरी, झक्की।

notionalist n. भाववादी, कल्पनावादी।

notitia n. सूचीपत्र।

notopodium n. पृष्ठशाखा।

notoriety n. ख्याति, विख्याति, प्रसिद्धि; कुख्याति, कुकीर्त्ति, कुप्रसिद्धि, दुर्नामत्व।

notorious a. विख्यात (*it is ~ that*); कुख्यात, कुप्रसिद्ध, दुर्नामा, बदनाम (*~ smuggler*); (धिक्कारके लिए प्रयुक्त) बुरा।

notoriousness n. कुप्रसिद्धि, कुख्याति, दुर्नामता, कुकीर्ति, बदनामी।

notwithstanding[1] adv. यद्यपि, तथापि, तदपि, तो भी, बिलकुल।

notwithstanding[2] prep. होते हुए भी, रहते भी, बावजूद कि (*~ his resignation*); *~ anything* किसी बातके रहते भी।

notwithstanding[3] conj. यद्यपि, तिसपर भी, इस तथ्यके रहते भी।

nougat n. कलाकन्द, गरीकी मिठाई।

nought[1] n. (चीनी, काष्ठफलों इत्यादिका) मिष्ठान्न, पाग।

nought[2] n. (काव्य, प्रा०) अभाव, असत्व, कुछ नहीं; (विशे० गणित, अन्य भी) शून्य, शून्य अंक (०); *bring to ~* नष्ट करना; *come to ~* नष्ट होना; *set at ~* उपहास करना, उपेक्षा करना, अनादर करना, तिरस्कार करना, हँसी उड़ाना, खिल्ली उड़ाना।

noumenon n. (pl. *-a*) प्रकृति-तत्त्व, सहजोपलब्धिका उद्देश्य; सद्बुद्धि द्वारा कल्पित या गृहीत वस्तु।

noumenonal a. तात्त्विक।

noun n. नाम, संज्ञा; *~ adjective* विशेषण; *~-substantive* संज्ञा, विशेष्य।

nounal a. (व्या०) संज्ञीय, संज्ञा-विषयक।

nourish v.t. पोषित करना, पुष्ट करना, पालन-पोषण करना, भरण-पोषण करना, पालना, बढ़ाना, सेवा-सुश्रूषा करना; पढ़ाना-सिखाना।

nourishable a. पालनीय, पोषणीय, संवर्ध्य।

nourisher n. पालक, पोषक, संवर्धक।

nourishing a. पौष्टिक, पुष्टिकर, बलवर्द्धक, शक्तिदायक।

nourishment n. पालन, संवर्धन, पुष्टि, भरण-पोषण; पोषाहार, आहार, पुष्टिकर भोजन, पौष्टिक पदार्थ, गिजा।

nouriture, nourriture nn. = NOURISHMENT.

nous n. (यूना० दर्शन०) मन, चित्त, धी, बुद्धि, ज्ञान, चित्तशक्ति, मेधाशक्ति, प्रज्ञाविचार, तर्कशक्ति; (बोल०) सामान्यज्ञान, व्यावहारिक बुद्धि, मामूली अक्ल।

nova n. आकस्मिक नक्षत्र, अकस्मात् उदय होनेवाला तारा, नवतारा।

novate v.t. नवीकृत करना, नया बनाना।

novation n. नवकरण, नवीकरण, नवादेशन।

novel[1] n. उपन्यास, नाविल; (रोमन विधि०; विधि-संहिताका अनुपूरक) आज्ञापत्र, प्रादेश।

novel[2] a. नव, अभिनव, नूतन, नवीन, अपूर्व, अज्ञात, असामान्य, असाधारण, अद्भुत, अपूर्त, विस्मयजनक, विलक्षण, अनूठा, नया, अनोखा, निराला।

novelette n. क्षुद्र उपन्यास, लघु उपन्यास, छोटा उपन्यास; (संगी०) पियानोपरका एक राग।

novelettist n. लघु उपन्यास लेखक।

novelism n. नवप्रवर्तन, नवप्रयोग; नवता, नवीनता।

novelist n. उपन्यासकार, उपन्यास-लेखक, नाविल-लेखक।

novelistic a. औपन्यासिक, उपन्यासकी रीतिका।

novelization n. उपन्यासीकरण, औपन्यासिकता; नवीकरण।

novelize v.t. उपन्यासीकरण करना, उपन्यासके रूपमें अन्तरित करना, उपन्यासरूपमें लिखना।

novelty n. अभिनव वस्तु, अद्भुत वस्तु, असामान्य वस्तु, कौतुक, असाधारण वस्तु; अपूर्वता, नवता, नूतनता, नावीन्य, नूतनत्व, नवीनता, नयापन; *~ies, ~ goods* नूतन वस्तुएँ, अनूठा सामान।

November n. नवम्बर, (अँग्रेजी वर्षका ग्यारहवाँ महीना)।

novena n. (विशेष इच्छा-प्राप्तिके लिए की गयी) नवदिवसीय पूजा, नव दिनकी भक्ति।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

novenary a. नव-, नौके अंकका ।
novennial a. नववर्षीय, नौ बरसका, नव वर्षमें होनेवाला ।
novercal n. वैमात्रीय, वैमातृक, विमाता-विषयक, सौतेली माँवाला; विमाता-सा, सौतेली माँ-सा ।
novice n. नवशिष्य, नवदीक्षित व्यक्ति, अभ्यासी, नवीन धर्मान्तरित व्यक्ति, नवक, नवछात्र, नवशिक्षित, अनभ्यस्त, नौसिखिया ।
noviciate, -tiate nn. नवछात्रता, शिक्षार्थिता; अभ्यासकाल, शिक्षाकाल, विद्यारम्भकाल; शिक्षार्थी व्यक्ति; नवदीक्षित व्यक्ति, नवछात्र, अनभ्यस्त, नौसिखिया; (नवदीक्षितोंके लिए) निर्धारित स्थान या निवास ।
novilunar a. बालचन्द्र-सम्बन्धी, नये चाँदका ।
novitiate n. दे० NOVICIATE.
novocaine n. नवाचेतनी, नोवोकेन (एक प्रकारकी स्थानीय संज्ञाहारी औषध) ।
now[1] n. वर्तमान, वर्तमान समय, अभी, इस समय *(till ~)*; *(every) ~ & then or again* कदाचित्, यदाकदा, समय-समयपर, जभी-तभी; *~... ~, ~... then, ~... & again* इस क्षण यह, उस क्षण वह ।
now[2]* adv. सम्प्रति, अब*, अभी, आजकल, इस समय; अबतक, इस समयतक; ऐसी परिस्थितिमें, इस दशामें, ऐसी सूरतमें, ऐसी हालतमें; झटिति, सपदि, सत्वर, तत्क्षण, तत्काल, तुरन्त, फौरन; निकट वर्तमानमें, अभी हालमें; तत्पश्चात्, तदनन्तर, इसके बाद (*Babar ~ marched towards the east*); तबतक, उस समयतक; *~ or never* बस यही समय है ।
nowaday a. आजकलका, इन दिनोंका ।
nowadays n. & adv. वर्तमानकाल (में), आजकल, इन दिनों ।
nowed a. ग्रन्थिल, गाँठदार ।
Nowel[1], **Noel** nn. क्रिसमस, बड़ा दिन ।
nowel[2] intr. (क्रिसमसके भजनमें व्यक्त हर्ष) बहुत अच्छा ! वाहवाह !
nowhere adv. कहीं भी नहीं, कहीं नहीं, कहींको भी नहीं; *be, come in, ~* प्रतियोगिता या दौड़में कोई स्थान न पाना ।
nowise adv. कदापि नहीं, किसी प्रकार नहीं, हरगिज नहीं ।
od n. प्रकृत शक्ति, योगमाया, प्रकाश अथवा चुम्बक तथा रासायनिक क्रिया और योगनिद्रामें पायी जानेवाली शक्ति।
odalisque n. दासी अथवा उपपत्नी, बाँदी, लौंडी।
odd १. n. गॉल्फके खिलाड़ी द्वारा अपने विरोधीसे अधिक लगाये हुए स्ट्रोक; २. a. विलक्षण, असाधारण, विचित्र, लोकोत्तर, आश्चर्यजनक, अद्भुत, अपूर्व, अपरूप, असंगत, अनूठा, अनोखा, निराला; अयुग्म, असम, विषम, ताक, बेमेल, बेजोड़; शेष, बाकी (*Here is a note, pay the bill & keep the ~ money*); अनियमित, अनिश्चित, असम्बद्ध, नैमित्तिक, अनधिकृत, असंख्य, अगण्य, गणनासे परे, अतिरिक्त, फालतू (*do it at ~ moments*); फुटकर; ~-come-short अवशिष्टांश, लघु-अवशिष्टांश, (सम्पूर्ण संख्या या निश्चित रकमके अतिरिक्त)बचा हुआ भाग, (बहु०) अवशेष, बचे हुए या फुटकर पदार्थ; ~ count अनुल्लिखित सूत्रांक; ~ numbers, volumes पत्रिकाओं इत्यादिका अपूर्ण सेट, उनके अपूर्ण अंक, खण्ड इत्यादि; ~-places गुह्येन्द्रिय; the ~ (गॉल्फ) खिलाड़ी द्वारा अपने विरोधीकी अपेक्षा अधिक लगाये हुए स्ट्रोक; *forty ~* ४० और ५० के बीच; *make no ~s* अधिक अन्तर न करना; *~ & even* एक प्रकारका खेल जिसमें हार-जीतका निर्णय भाग्य अथवा संयोग द्वारा होता है; *~-come-shortly* हालमें किसी दिन; *sixty ~ thousand* ६० और ७० हजारके बीच; *sixty thousand ~* ६० हजारसे कुछ सौ, दस इत्यादि ऊपर; *the ~ man* (किसी समिति इत्यादिके विषम-संख्यक सदस्योंके मतप्रदानमें) विषम-सदस्य (जिसकी एक वोटसे जीत हो जाये); *one of these ~-comeshortlies* अविलम्ब, बहुत जल्द; *twelve pounds ~* बारह पौण्ड तथा कुछ शिलिंग और पेंस;
~-fangled, ~-humoured, ~-jobber, ~-jobman, ~-looking, ~-mannered, ~ order, ~ ordinates, ~-pinnate, ~ series, ~-shaped, ~ terms, ~-toed.
oddfellow n. १८वीं शतीके एक गुप्त लोकहितैषी मित्र समाजका सदस्य।
oddish a. विचित्र, निराला, अनोखा-सा, अजीब-सा।
oddity n. विचित्र घटना, विलक्षण वस्तु; अजीब आदमी; निराले ढंगका मानसिक गुण या दोष; विलक्षणता, असाधारणता, विचित्रता, विषमता, अनोखापन, निरालापन।
oddments n. अवशिष्ट वस्तुएँ, बची-खुची वस्तुएँ।
oddness n. विलक्षणता, विचित्रता, वैचित्र्य, अपूर्वता, असंगति, अगण्यता, वैषम्य, अनोखापन, निरालापन; अनिश्चितता, अनधिकृतता।
odds n. असादृश्य, असमानता, वैषम्य, विषमता; भिन्नता; इच्छित फलके अनुकूल सम्भावना (*but, the ~ are that he will do it*); दाँवपर रक्खे हुए धनोंका पारस्परिक अनुपात; रियायत; न्यूनाधिकभाव, अन्तर; कलह, विरोध, शत्रुता, वैर, झगड़ा, दंगा, फूट, लड़ाई, अनबन, बिगाड़ (*are at ~ with fate*); सुविधाका सन्तुलन (*the ~ are in our favour*); *a' ~* भिन्न; *lay, give, ~ of three to one* रियायत देनेवाले दल द्वारा कथित, एक ओर तीनकी शर्त, जीतनेपर एक लेनेकी तथा हारनेपर तीन देनेकी शर्त; *make ~ even* वैषम्य मिटाना, भिन्नताओंको दूर करना; *~ and ends* बची-खुची वस्तुएँ; *take what's the ~?* इससे क्या अन्तर पड़ता है, इसमें क्या हर्ज है?
ode n. गीति-कविता, गानेके लिए रची हुई कविता, गीत, गान; (आधुनिक) (साधारणतः अतिरंजित तथा उत्साहपूर्ण स्वरमें लिखी हुई, और प्रायः ५० तथा २०० पंक्तियोंकी) गीति-कविता।
odeon, odeum n. संगीत-समारोहोंके लिए निर्मित भवन।
odic a. योगमाया-सम्बन्धी, प्रकृत-शक्ति-सम्बन्धी; गीत-सम्बन्धी।
odious a. जुगुप्स्य, घृण्य, गर्हित, कुत्सित, निन्द्य, अप्रिय, घृणित, घिनौना।
odiousness n. जुगुप्स्यता, घृण्यता, गर्ह्यता, कुत्सितता, घृणित होनेकी अवस्था, घिनौनापन।
odist n. गीतकार, स्तोत्रलेखक।
odium n. द्वेष, विद्वेष, गर्हा, कुत्सा, तिरस्कार या निन्दा (*exposed me to ~*), सामान्य अथवा दूरतक व्याप्त अरुचि, घृणा; ~ theologicum मतभेद रखनेवाले धर्मशास्त्रियोंमें पायी जानेवाली लोकप्रसिद्ध कटुता।
odometer n. = HODOMETER.
odontalgia n. दन्त-शूल, दन्त-पीड़ा।
odontalgic a. दन्त शूल-सम्बन्धी, दन्तपीड़ा-विषयक।
odontalgy n. दन्तपीड़ा, दन्तशूल।
odontiasis n. दन्तच्छेदन।
odontic a. दशन-, दशनीय।
odontogeny n. दशनोत्पत्ति, दशन-वृद्धि।
odontoglossum n. दन्तजिह्वा, रंगीन फूलोंवाले एक अमरीकी पौधेकी जाति।
odontograph n. ओडोण्टोग्राफ, (एक प्रकारका यन्त्र जो पहियेके दन्दाने या कटाव नापनेमें प्रयुक्त होता है)।
odontography n. दशन-शास्त्र, दन्तवर्णना।
odontoid a. दन्ताभ, दन्त-सदृश।
odontology n. दन्तविज्ञान।
odontoloxia n. दाँतोंका क्रम-विरुद्ध विकास।
odorant, odorate, odoriferous aa. सुगन्ध-विकीर्णकारी, सुगन्धियुक्त, वास्यमय, गन्धपूर्ण, सुवास, महकता हुआ, गन्ध फैलानेवाला (साधारणतः सुगन्ध), खुशबूदार, महकनेवाला।
odoriferousness n. सुगन्धिमयता।
odorous a. (प्रमुखतः का०) सुगन्धियुक्त, सुगन्ध-विकीर्णकारी, महकनेवाला, खुशबूदार।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

odorousness n. सुगन्धिमयता, सुगन्धियुक्तता।

odour, odor⊙ nn. वास्य, गन्ध; सुगन्ध अथवा दुर्गन्ध; परिमल, सुवास, सौरभ, सुगन्धि; (प्रा० बहु०) मधुर सुगन्ध विकीर्ण करनेवाला(-ले) पदार्थ; ख्याति, प्रसिद्धि, नेकनामी अथवा कुख्याति, बदनामी (*is in bad ~ with the nonconformists*); (ला०) किसी गुणका लेश या आभास, अतीत अथवा अस्तित्वका चिह्न (*no ~ of intolerance attaches to it*); *~ of sanctity* धार्मिकता अथवा पवित्रताकी साख।

odourless a. निर्गन्ध, गन्धहीन, सुगन्धिविहीन, बेमहक।

odso int. (आश्चर्यसूचक) अरे !, वाह !, क्या !

odyl n. =OD.

oecist n. उपनिवेशस्थापक।

oecology n. पारिस्थिकी, प्राणि-विज्ञानकी एक शाखा।

oecumenical a. विश्वव्याप्त; सर्वसाधारण, अखिल ईसाई-सम्प्रदाय-सम्बन्धी, सम्पूर्ण ईसाई-जगत्का, सब ईसाइयोंका।

oecumenicity n. विश्वव्यापकता; सर्वसाधारणता, सम्पूर्ण ईसाई-जगत्-व्यापकता।

oedema n. (निदान०; बहु० नहीं) एकांगिक जलोदर, स्फोति, शोथ, नसों इत्यादिकी फूली हुई स्थिति (जब उनमें पानी भर आता है)।

oedematose, oedematous aa. जलशोथ-सम्बन्धी, शोथका।

Oedipus n. पहेलियाँ बूझनेवाला, बूझ-बुझक्कड़; *~ complex* एक कामज भावग्रन्थि (जिसके प्रभाव-स्वरूप लड़की पिताकी ओर तथा लड़का माँकी ओर आकर्षित रहता है)।

oeil-de-boeuf n. वातरन्ध्र, गवाक्ष, छोटी खिड़की।

oeillade n. एक दृष्टि, एक नजर।

oenanthic a. द्राक्षिक, शराबकी तरह गन्धवाला।

oenology n. द्राक्षिरा-शास्त्र, मद्य-विज्ञान, मदिराकी विद्या।

oenomania n. मद्यार्थ-व्यग्रता, मदिराके लिए व्याकुलता।

oenomel n. मधुमद्य, शहद और शराबका मिश्रण।

o'er दे० OVER.

oersted n. (भौति०) प्रतियासा, चुम्बक-शक्तिकी मात्रा।

oesophageal a. निगल-, घसर-, बहुभुक्, बहुभोजी, अधिक खानेवाला।

oesophagus n. (pl. *-gi, -es*); ग्रासनली, अन्न-प्रणाली, अन्न-नाली, मुख-विवरसे उदरतक जानेवाली नली।

oestrous a. उत्तेजक, उन्मादक; उत्तेजना-सम्बन्धी।

oestrual a. = OESTROUS; कामवासना-सम्बन्धी।

oestrum, -us n. क्षणिक उन्मत्तता, उत्तेजना, प्रबल आवेग; वासना, कामोत्ताप, कामोन्माद अथवा संगमेच्छा (पशुओंमें); एक बड़ी किस्मका मच्छर, डाँस।

of* prep. = TO⊙; का*, (अमुक-)सम्बन्धी; में; मेंसे; इसके प्रयोग—पूर्वसंज्ञा, विशेषण, क्रियाविशेषण अथवा क्रियासे सम्बद्ध करनेवाला सम्प्रदान; कर्तृत्व, क्रिया, कारण, हेतु, व्युत्पत्ति, उद्गम बतानेवाला (*come ~*); अनुपस्थिति, वियोग, स्थान-परिवर्तन, दूरीका द्योतक (*wide ~ the mark*); निर्मिति, गठन, परिभाषा, पदार्थ, पहचानके लिए (*a family ~ eight*); वस्तुगत सम्बन्ध (*the levying ~ taxes*); निर्देश, प्रसंग, सन्दर्भ, विषय (में) (*never heard ~ it*); गुण, दशा, प्रवृत्ति (*man ~ tact*); सम्पत्ति, सम्बन्ध, संसर्ग (*we ~ the middle class*); वर्गीकरण, विभाजन, निर्वाचन, में से (*no more ~ that*)।

off* १. v.t. (निश्चित समयपर मिलने इत्यादिके वादेसे) विमुख होना या मुकरना; (बोल०) (साहसिक कार्य, समझौता, इकरारनामा); छोड़ने या रद्द करनेका उद्देश्य घोषित करना; २. n. (क्रिकेट) विकेट-कीपरके सामनेसे दाहिने हाथकी ओर; ३. a. सुदूर, दूरतर, परे*, अलग (*on the ~ side of the wall*); (क्रिकेट) की ओर, में, अथवा से आगत, (*an ~ drive*); अपसृत, अधीनस्थ, छोटा (*in an ~ street*); तर्क-वितर्क आदिसे भिन्न, पृथक् (*that is an ~ issue*); कार्यमुक्त, खाली (*will do it on my next ~ day*); असम्भव, अनिश्चित (*there is an ~ chance that—*); ४. adv. अलभ्य, लुप्त, अप्राप्य; अनविरल, विच्छिन्न, अविच्छिन्नता अथवा अनुक्रमसे च्युत, बन्द, कटा हुआ (*leave ~ work*; *cut ~ supplies*); सम्पूर्णतः, समाप्तिपर, मुक्त होनेको या रहित होनेको अथवा चुकता होनेको, (*drink ~*); ५. prep. दूर, अन्तरपर, फासलेपर,(*rode ~*); स्थानच्युत, पृथक्, असम्बद्ध, असम्बन्धित, स्वतन्त्र, गत, बन्धनमुक्त, परे (होनेके अर्थमें) (*my hat is ~*); (सम्प्रदान) से, से नीचे, से दूर, से ऊपर, से कार्यमुक्त, से खाली, (होनेके अर्थमें) च्युत, भ्रष्ट, परे, (*drove them ~ the seas*); अलग, दूरीपर (*is ~ the beaten track*) *~*-allowance कटौती; *~*cast व्यर्थ वस्तु, परित्यक्त वस्तु, त्यागी हुई चीज; *~* colour अपवर्ण, विवर्ण, हीन, अस्वस्थ; *~*cut कटा हुआ भाग; *~* day छुट्टी; *~* duty कार्यविरतः *~*-licence शराब आदिको बाहर ले जाकर बेचनेकी समनुज्ञा; *~*-position पृथक् स्थिति; *~*-print अपमुद्रण, मुद्रणमें त्रुटिसे अलग छूटा हुआ शब्द, मात्रा इत्यादि; किसी रचनाकी वह मुद्रित प्रतिलिपि जो पहले अपेक्षाकृत किसी बड़े प्रकाशनका अंश रही हो; *~*-season कालबाह्य; *~*-shore प्रतितट, समुद्रमें किनारेसे थोड़ी दूर; *~*-shore fisheries समुद्रमें किनारेसे थोड़ी दूरके मछली पकड़नेके स्थान; *~*-shore-wind तटसे समुद्रकी ओर जानेवाली हवा; *~* side (फुटबालके खेलमें) मैदानका वह भाग जो फुटबाल तथा विपक्षीके गोलके बीच हो; *~*take अपक्रय; *~*ward सागर-तटसे दूरके ओर; *~*-white श्वेताभ, कुछ-कुछ सफेद, क्रीमकी तरह; *anchored ~ the point, cape*, etc. अन्तरीपसे थोड़ी दूरपर लंगर डाले हुए;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

be ~ *with the old love* पहलेकी प्रेमिकासे सम्बन्ध विच्छेद कर लेना; *broke* ~ बोलना बन्द कर दिया; *declare* ~ किसी अनुबन्धको अस्वीकृत कर देना; *fall, go,* ~ अवकृष्ट होना, गिरना, घटना; *fall* ~ (जलयानका) हवाके रुखसे हट जाना; *get* one's (daughter, stock)~ दे देना; *go* ~ निद्रामग्न हो जाना, सो जाना; *ill* ~ दरिद्र, निर्धन, गरीब; *in a street* ~ *the strand* स्ट्रैण्ड सड़कके बगलकी एक सड़कमें; ~ *and on* यदा-कदा, कभी-कभी, रह-रहकर; अचिन्तितपूर्व, आकस्मिक, निरपेक्ष, असावधान, खड़े-खड़े; आनन-फानन, वक्त-बे-वक्त; ~ *of the cliff* ⊙, ~ *the cliff* चट्टानसे दूर; ~ *the map* (ग्रा०) अदृश्य, जिसका अस्तित्व न रह गया हो; ~ *the point* अप्रासंगिक, असम्बद्ध, असम्बद्धतापूर्वक; *take* ~ उतारना; *take* one*self, be, make,* ~ विदा होना, अलग होना, चल देना; *take thing, matter,* ~ one's *hands* किसी वस्तु या विषयमें किसीको मुक्त करना या छुटकारा देना; ~ *with the head* सिर उड़ा दो; *we are now* ~ अब हम चलें; *well* ~ सम्पन्न; *badly* ~ विपन्न;

~-cutting, ~-flavour, ~ grade, ~-lying, ~-saddle, ~ scape, ~ scum, ~ type, ~ ward, ~ wheel.

offal n. मांसोच्छिष्ट, उच्छिष्ट, भुक्तावशेष, अवशेष, मैल, कूड़ाकरकट, तलछट, मल, गाद; भूसी, अनाज अथवा चोकरका कोई अन्य अवशिष्टांश; दुर्गन्धित मांस, ओझड़ी; निकृष्ट अंश, सारहीन पदार्थ, व्यर्थ या निकृष्ट अंश, असार भाग, निकम्मा हिस्सा(~ *wheat, wood*); सस्ती मछली।

offdrive v.t. दाहिनी ओर चलाना, उलटे हाथ हाँकना।

offence, offense ⊙ n. अन्यायाचरण, अपराध, अवैधानिक आचरण, कुकर्म, दुष्कृति, नियमादिका उल्लंघन, दुर्व्यवहार (विशे० *commit an* ~ *against*); अविश्वासका अवसर इत्यादि (अव दुर्लभ); आहत भावना, भावनाओंपर आघात, अपव्यवहार, दुःख तथा खीझसे उपेक्षित करनेकी भावना (*no* ~ *was meant*); आक्रमण, प्रथमाघात, आक्रमणात्मक क्रिया, चोट (*the most effective defence is* ~)।

offenceless a. निर्दोष, भोला, दुर्व्यवहार न करनेवाला, अवैधानिक आचरण न करनेवाला, नियम इत्यादिका अनुवर्त्तक।

offend v.t. & i. अत्याचार करना, अपराध करना, अपमान करना, असन्तुष्ट करना, रुष्ट करना, (भावनाओं-को) आघात या ठेस पहुँचाना, कष्ट पहुँचाना, खिझाना, छेड़ना, क्रुद्ध करना; उल्लंघन करना, विलंघन करना, आचारविचलित होना; अनुचित (कार्य) करना, भंग करना, नियमादिको तोड़ना; *give* ~ अप्रसन्न करना, क्रुद्ध करना, नाराज करना; ~ *against rules* (कानून) नियम भंग करना; *take* ~ अप्रसन्न होना, नाराज होना।

offended a. क्रुद्ध, कुपित, क्षुब्ध, असन्तुष्ट (*am sorry you are* ~*ed*)।

offender n. अत्याचारी व्यक्ति, दोषी, अपराधी व्यक्ति, आघात पहुँचानेवाला व्यक्ति।

offending a. अत्याचारी, आघाती, अपराधी, कष्ट पहुँचानेवाला।

offensive १. n. समाक्रमण, आक्रमण, आक्रामक अथवा उपघातीका भाव, आक्रामणात्मक आचरण या स्थिति; आन्दोलन (*peace* ~); आक्रमण, आक्रामक-युद्ध, आक्रमणकी सम्मिलित चेष्टा अथवा आक्रमणात्मक आघात (*the long-expected German* ~); २. a. घृणात्मक, घृणाजनक, वीभत्स, जुगुप्साव्रह, गर्ह्य, कुत्सित, पूतिगन्ध, दुर्गन्धित, असन्तोषजनक, विरक्तिकर, विरस, वमनोत्पादक, अप्रीतिकर, अप्रिय, अरम्य, असुखद, कटु; दोषी, आक्षेप्य, कष्टकर, अपमानजनक, (~ *language*); आक्रमण-, आक्रमणात्मक, आक्रमणके लिए अभिप्रेत अथवा आक्रमणमें व्यवहृत (~ *arms*);

~ expression, ~ goods, ~ matter, ~ movement, ~ odour, ~ remarks, ~ smell, ~ taste, ~ trade, ~ war, ~ words.

offensiveness n. आक्रामकता, सापकारता, गर्ह्यता, घातुकता, कटुता, अप्रियता, बुराई।

offer[1] n. निवेद, किसी वस्तुका दाम लगाकर बोलनेकी क्रिया, बोली; प्रस्ताव, राय; इच्छा होनेपर कोई वस्तु या कार्य इत्यादि देने या करनेकी अभिव्यक्ति, शर्तोंपर विक्रय करनेकी अभिव्यक्ति; पिण्डदान, साक्ष्यदान, भेंट; *on* ~ निश्चित मूल्यपर विक्रीके लिए प्रस्तुत।

offer[2]* v.t. & i. विक्रयके लिये प्रदर्शित करना; इच्छा होनेपर किसी कार्यको करनेकी सहमति व्यक्त करना; किसी कार्यको करनेका उद्देश्य प्रदर्शित करना (~*ed to strike me*); विवाह-प्रस्ताव करना; देवता या सम्मानित व्यक्ति आदिकी सेवामें अर्पण करना*, प्रस्तवन करना, उत्सर्ग या दान-स्वरूप प्रस्तुत करना, पूजा या भक्तिमें देना; स्वीकृति या अस्वीकृतिके लिए निवेदित करना, देना*, हाथमें देना, सौंपना, दाम लगाना (~*ed me his hymnbook to look over*); घटित होना, प्रस्तुत होना, आगे आना, पड़ना (*the first path that* ~*ed*); (वस्तुओंका) दृष्टिके सम्मुख प्रस्तुत करना, पेश करना, ध्यानमें लाना (*each age* ~*s its characteristic riddles*); शत्रुको युद्धके लिए अवसर देना; ~ *violence* आक्रमण करना।

offerable a. बलियोग्य, उपहारमें देने योग्य, भेंटके योग्य।

offerer n. उपहर्ता, अर्पक, अर्पयिता, अर्पित करनेवाला, भेंट करनेवाला।

offering n. देवता अथवा सम्मानित व्यक्ति आदिको अर्पित वस्तु, आहुति, श्रद्धांजलि, अर्घ्य, बलि, बलिदान, धर्मदान, भेंट; उपहार, उपहरण, प्रस्ताव।

offertory n. अर्पित वस्तु, अर्पित भेंट, धार्मिक कार्यमें धन-संग्रह।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

offhand, off-handed aa. प्रत्युत्पन्न, आकस्मिक, अचिन्तितपूर्व, तात्कालिक, एकदम।

off-handness n. आकस्मिकता, अचिन्तितपूर्वता, जल्दबाजी।

office* n. पद; कार्यालय*, दफ्तर*, ऑफिस, कार्यस्थान, व्यापार चलानेका स्थान (*goes down to the ~ at 9 a. m.*); सम्मतिके आदान-प्रदानका कमरा, कन्सलटिंग रूम ⊙; विशिष्ट उद्देश्यके लिए निर्मित कम्पनी या संगठन (*fire ~*) अथवा किसी विशृखलित संगठनकी स्थानीय शाखा (*our Monchester ~*); घर, खाना (*post, telegraph,-~*); कार्य करने, हिसाब-किताब रखने तथा धन्धा चलानेका कक्ष, कमरा; किसी सरकारी विभागके कर्मचारीवर्ग, अधिकारिकी या अधिकारि-विभाग; (pl.) गृहकार्य अथवा मालके संचयकरणके लिए व्यवहृत घरके विभिन्न भाग; अधिकारस्थान या न्यासस्थान अथवा सेवा-कार्य स्थान; अधिकार, पदवी, पद (*was given an ~*), पदाधिकार (*take ~*); विधिमूलक कर्त्तव्य; कृत्य, कार्यभार, धर्म, कर्त्तव्य, कर्म, क्रिया, कार्य (*it is my ~*); सेवा; सुकृत, अनुग्रह, उपकार, दया, (*owing to the good* or *ill ~s of*); (*ill ~*) अनिष्ट, अनुपकार, कोई अवसरगत कार्यसम्पादन (जैसे, *O~ for the Dead*); (ईसा०) उपासनाका निर्धारित अथवा अधिकृत रूप, रोमनकैथोलिक चर्चमें होनेवाली दैनिक प्रार्थना (*divine ~*); प्रातःकालीन एवं सायंकालीन प्रार्थना, ईसाके अन्तिम भोजके स्मरणार्थ होनेवाले उत्सव; (ग्रा०) टट्टी; संकेत (जैसे, *give, take, the ~*); Holy O~ रोमनकैथोलिक पाखण्डियोंके विचारके लिए स्थापित सभा; ~-bearer अधिकारी, पदाधिकारी; पदधारी, पदवाहक; *perform the last ~s to* मृतकका अन्तिम क्रिया-कर्म करना;

~ accommodation, ~ accounts, ~ allowance, ~ boy, ~ business, ~ cash sheets, ~ circular, ~ column, ~ copy, ~ cost, ~ cycle, ~ discipline, ~ distribution list, ~ dues, ~ duty, ~ establishment, ~ expenses, ~ furniture, ~-holder, ~ hours, ~ imprest amount, ~ manual, ~ memorandum, ~ note, ~ oncost, ~ order, ~ order-book, ~ passages, ~ peon, ~ procedure, ~ record, ~ reference library, ~ register, ~ routine, ~ routine form, ~ seal, ~ season, ~ staff, ~ stationery, ~ superintendent, ~ supervisor, ~ work.

officer १. n. अधिकारी, पदाधिकारी, मन्त्री अथवा राजसेवक; ⊙ होटलका कर्मचारी; असैनिक अथवा ईसाई पदाधिकारी; समाजका सभापति, सचिव, अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष इत्यादि; वायुसेना या नौसेना अथवा समुद्री व्यापारका पदाधिकारी; सिपाही, अमीन, प्यादा, नाजिर, कांस्टेबिल; २. v.t. पदाधिकारियोंकी व्यवस्था करना, कमाण्डरकी हैसियतसे कार्य करना; Army ~s सेनाके विभिन्न पदाधिकारी फील्डमार्शल, जेनरल, मेजरजेनरल आदि; ~s' Training Corps (प्रारम्भतः प्रादेशिक सेनाके लिए व्यवहृत तथा १९१४-१८ के महायुद्धमें) सेनाधिकारी-प्रशिक्षण-निकाय।

official १. n. राजपुरुष, अधिकारी, पदाधिकारी, सार्वजनिक पदधारी व्यक्ति; धर्माध्यक्ष, न्यायाधीश अथवा प्रधान पादरी; किसी कार्यालयका अधिकारी वर्ग; कर्मचारी; २. a. आधिकारिक, अधिकारी, उपाधिकारी, पदाधिकारी, शासकीय, सार्वजनिक, सरकारी; अधिकार-विषयक, अधिकृत, पद-सम्बन्धी; पदधारियों द्वारा प्राप्त अथवा समर्पित, उपयुक्त रीतिसे सम्प्रमाणित; कार्यालयका; पदधारियोंके लिए उपयुक्त, अधिकार-युक्त; (औषध०) शास्त्रोक्त-विधिसे निर्मित, औषध-निर्माण-विधिके अनुसार; ~ benches मन्त्रि-वर्ग; ~ drug अधिकृत ओषधि; ~ gazette राज्यपत्र; ~ language राजभाषा; ~ residence पदावास;

~ act, ~ action, ~ address, ~ agent, ~ allowance, ~ approval, ~ authority, ~ bond, ~ business, ~ capacity, ~ class, ~ confidence, ~ control, ~ correspondence, ~ designation, ~ duty, ~ edition, ~ function, ~ grievance, ~ head, ~ institution, ~ intimation, ~ letter, ~ list, ~ matter, ~ misconduct, ~ news, ~ nominee, ~ papers, ~ party, ~ position, ~ proof, ~ purpose, ~ rank, ~ receiver, ~ record, ~ red tape, ~ report, ~ reported, ~ seal, ~ secret, ~ signature, ~ solemnity, ~ sources, ~ stamps, ~ status, ~ title, ~ visitor, ~ work, ~ year.

officialdom n. अधिकृतवर्ग, अधिकारिकी, अधिकारी-वर्ग।

officialese n. दफ्तरी अँग्रेजी, बाबुओंकी अँग्रेजी।

officialism n. अधिकारित्व, पदाधिकारमोह।

officiality n. अधिकारी-पद, कर्मचारी-अधिकार।

officialize v.t. अधिकृत करना, कार्यभारके अन्तर्गत करना, शासकीयकरण करना, अधिकारमें लाना।

officialty n. = OFFICIALITY.

officiant n. धर्माध्यक्ष, स्थानापन्न कार्यकर्ता, एवजी करनेवाला।

officiate v. i. निर्वहण करना, स्थानापन्न होना, स्थानापन्न होकर कार्य करना, एवजी करना; किसी पदपर काम करना; दैवी अनुष्ठान करना, पुरोहितीका काम करना।

officiating a. स्थानापन्न (*~ post, vacancy*)।

officiation n. स्थानापन्नता।

officinal a. (नाम) शास्त्रोक्त विधिमें स्वीकृत अथवा गृहीत, अधिकृत, शास्त्रोक्त-विधिसे निर्मित; (औषध-निर्माणमें) औषध-विक्रेताके यहाँ विक्रयार्थ प्रस्तुत·

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

आपणीय, बाजारू, अत्तारी; (औषध-द्रव्य अथवा जड़ी-बूटी) औषधमें प्रयुक्त।

officious a. परकार्यचर्चक, अनधिकारचर्चाशील, अनधिकारप्रवेशी; अत्युपकारी, उपकारशील, कार्यभार लेने अथवा देनेवाला, अनावश्यक अथवा अनपेक्षित रूपसे सेवा अर्पित करनेवाला; मित्रतापूर्ण, निष्कपट, सरल, अनुकूल, अबाध, बेतकल्लुफ।

officiousness n. अनधिकारचर्चा, परकार्य-प्रवेश; अत्युपकारिता; नियमविरुद्धता; सरलता।

offing n. दृश्यक्षितिज; तटसे दूरवर्ती स्थिति *(gain an ~)*; समुद्रका वह भाग जो तटसे दृश्य हो, समुद्रका वह भाग जो लगर डालनेके स्थानके पार दिखायी दे *(was seen in the ~)*; (ला०) दृश्यमान अवस्था।

offish a. (बोल०) रूक्षाचारी, एकान्तप्रिय।

offishness n. रूक्षाचारिता, एकान्तप्रियता, रूखापन।

offscourings n. (pl.) निकृष्ट भाग, उच्छिष्ट, असार भाग, मैल, तलछट; (ला०) अधम जन, नीच जातियाँ *(~ of humanity)*।

offset १. n. (गणित) आसार, आसर, अनुलम्ब; (वन०) भूस्तारिका; -पक्ष, शैलबाहु; प्ररोह, अंकुर; (परिवर्तित तथा ला०) प्रशाखा, कलम लगानेकी टहनी; (मुद्रणकला) रबरकी छपाई; प्रयाण, प्रस्थान, रवानगी; आरम्भ, प्रारम्भ, तुल्य भार या वस्तु, जोड़-तोड़; (स्था०) दीवारोंमें वह निकला हुआ भाग (जहाँ ऊपरी भागकी मोटाई कम हो जाती है), दीवारका सलामी छज्जा; क्षतिपूर्ति, पुरस्कार अथवा धनराशि जो विपरीत प्रभावको कम या बराबर करे, हरजाना; नल (पाइप) का मोड़; मापकी प्रधान रेखासे लम्बरूपसे मापी हुई संक्षिप्त दूरी या लघु अन्तर; २. v.t. क्षतिपूर्ति करना, हानिपूर्ति करना, प्रतिफल देना, बदला देना, एवज देना: समतोलन करना, सन्तुलित करना, समान करना, बराबर करना; ~ process वह मुद्रण-प्रणाली जिसमें स्याहीको एक प्लेटसे रबरकी सतहपर उतारकर उससे कागज इत्यादिपर मुद्रण किया जाता है, ऑफ-सेट मुद्रण-प्रणाली।

offshoot n. व्युत्पन्न अथवा यौगिक शब्द इत्यादि; अंकुर, प्ररोह, शाखा, प्रशाखा (शाब्दिक एवं ला०)।

offspring n. वंश, प्रजा, प्रसूति, अपत्य, सन्तति, सन्तान, औलाद, नस्ल; (ला०) बेल, डालपात, परिणाम, फल, नतीजा।

oft adv. प्रायः; *many a time &* ~ प्रायः; *~times* (प्रा०) प्रायः।

often १. a. अभीक्ष्ण, नित्यका, बार-बार होनेवाला *(by ~ study of it)*; २. adv. प्रायः, बहुशः, बहुधा, अनेक बार, थोड़ी-थोड़ी देरपर, बार-बार, अक्सर *(the victim ~ dies of it)*; ~-times प्रायः (प्रा०); ~ *and* ~ प्रायः, बहुधा।

ogdoad n. अष्टक, आठका एक समूह, आठकी संख्या।

ogee n. & a. S के आकारका वक्र (-रेखा); (साँचेमें ढली हुई वस्तु), मोड़दार अँकुड़ा, एक ही सिलसिलेमें बना हुआ पृथक् दिखायी देनेवाला दुहरा वक्र; ~ arch, doorway, window वह मेहराब, द्वार, खिड़की जिसमें दो वक्र एक शिखरपर मिलते हों।

ogee'd a. S के आकारका, वक्र(-रेखा)से युक्त, वक्र, मुड़ा हुआ।

og(h)am n. प्राचीन आयर्लैण्ड तथा ब्रिटेनकी बीस अक्षरोंकी वर्णमाला-विशेष; ओगम लिपिमें खुदा हुआ लेख; ओगम लिपिका कोई अक्षर।

ogival a. तोरणसे युक्त, मेहराबसे युक्त।

ogive n. तिरछी बनी हुई मेहराब अथवा मेहराबदार छतका तोरण।

ogle १. n. भ्रू-विलास, प्रणयचितवन, कटाक्ष, अपांग-दर्शन, आसक्त दृष्टि, कामुक दृष्टि; २. v.t. & i. आसक्त दृष्टि डालना, कनखियोंसे देखना, तीखी निगाहसे घूरना, आँख मारना।

ogler n. प्रणयचितवन डालनेवाला, आसक्त दृष्टि डालनेवाला, आसक्तिसे देखनेवाला, नजरबाज।

ogling n. अपांग-चालन, कनखी मारना।

Ogpu n. सोवियट रूसकी पुलिस।

ogre n. मनुष्यभक्षी दैत्य, नरभक्षी राक्षस, दानव।

ogreish, ogrish aa. दैत्यकी तरह, नरभक्षी राक्षस-सा।

ogress n. मनुष्यभक्षिणी राक्षसी, दानवी, डाइन; तोपका गोला।

Ogyian a. प्रागैतिहासिक कालीन।

oh intr. (पीड़ा-व्यंजक) आह!, हा, हाय; (आश्चर्य-सूचक) अरे, अहा!, ओहो!; (चिन्ता-सूचक) ओह, त-त!

ohm a. ध्रुरोध, विद्युत् प्रतिरोधका एकक अथवा इकाई।

ohmic a. ध्रुरोध-, विद्युत् सहन-शक्ति-माप-सम्बन्धी।

ohmmeter n. ध्रुरोध, विद्युत्सहनशक्ति-मापक।

oho int. ओहो! अरे!

oidium n. (वन०) कण्यासिता; कण्यवस्था; कणी-शृंखला, अंगूरकी बेलकी एक बीमारीकी अवस्था; सूत्रबीज, चिपिट बीजाणु।

oil* n. तैल, तेल*, रोगन, अभ्यंजन, स्नेह, *(essential, mineral ~s)*: तेलमें घोलकर बनाया हुआ रंग; मोमजामा, बरसाती; मोमजामेकी पूरी पोशाक; fixed ~s अनुत्पन्न तैल, पशु अथवा वनस्पतिके तेल, चिपचिपे तथा अनासाव्य तैल *(non-distillable)*; ~cake खली; खल; ~cloth तैलवस्त्र, मोमजामा, रोगनी कपड़ा, आयल-क्लाथ; ~-colour तेलमें घोलकर बनाया हुआ रंग; ~(-) engine तैलगत्र, वायु मिश्रित वाष्पीकृत तैलके विस्फोटनसे चलनेवाला इंजन; ~field तैल-क्षेत्र, वह मण्डल या मैदान जहाँ तैलका उत्पादन होता है; ~-fuel, (इंजिनमें प्रयुक्त) तेलका इंधन; ~-gas तेलसे बनी गैस, ~-gauge तैलमापक; ~man तैलिक, तैलपूरक, तैल-विक्रेता, तेलवाला, तेल बनाने या बेचनेवाला, तेली; ~-meal अलसीकी खली; ~-paint तैल-लेप, तेलमें घोलकर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

तैयार किया हुआ रंग; ~-painting तैल-चित्र, तैल-चित्रण-कला; ~-paper तेल पिलाकर पारदर्शक अथवा (WATERPROOF) जलरुद्ध बनाया हुआ कागज; ~-press तैल-निपीड़, बीजों इत्यादिसे तेल पेरनेका कोल्हू; ~ skin चिकनाई द्वारा जलरुद्ध किया हुआ वस्त्र, मोमजामा, बरसाती, अथवा (pl.) मोमजामेकी पोशाक; ~-stone तैल-प्रस्तर, वह रोगनी पत्थर जो सानका काम देता है; ~-tanker तेलका जहाज; ~-well तेलके कुएँ; *burn the midnight* ~ अधिक राततक पढ़ना-लिखना; ~ *and vinegar* असंगत वस्तुओंका साथ, जैसे आग और पानीका साथ; *pour* ~ *on the flame*, etc. मानसिक आवेगोंको और उत्तेजित करना, आगपर तेल छिड़कना; *pour* ~ *on the waters* मामलेको शान्त करना, ठण्डा करना; *smell of* ~ घोर अध्ययनके लक्षण होना; *strike* ~ कूपक द्वारा मिट्टीके तेलकी खानका पता लगाना, (ला०) धन या सफलता प्राप्त करना;

~-bath, ~-beetle, ~-bird, ~ black, ~ blue, ~-box, ~ brown, ~-can, ~ chrysolite, ~-coat, ~ crimson, ~-cup, ~-dag, ~-dealer, ~-distiller, ~-driven, ~-electric, ~-electricity, ~-engine driver, ~-fed, ~-filler, ~ filtration point, ~ floatation method, ~-finished, ~-fish, ~-fitted, ~-forming, ~-fueled, ~-gland, ~-globule, ~-godown, ~ green, ~-hardened, ~-heater, ~-hole, ~-insulated, ~-laden, ~-lit, ~man store, ~-mill, ~monger, ~-nut, ~ orange, ~-palm, ~-plant, ~ ponceau, ~pool, ~-pressing, ~-pressure, ~-pressure gauge, ~proof, ~ proofing, ~-pump, ~ red, ~ scarlet, ~-seed, ~-seed specialist, ~-siding, ~-soaked, ~-soluble, ~-soluble red, ~-soluble scarlet, ~-spring, ~ still, ~-stoned, ~-stoning, ~-stove, ~-sump, ~-tank, ~-tempered, ~tight, ~-tree, ~ vermillion, ~way, ~-wine colour, ~-wiper.

oil[2] v.t. & i. तैलाक्त करना, किसी वस्तुमें तेल लगाना या डालना, तेल मलना, चुपड़ना, चिकनाना, चिकनाई लगाना या पहुँचाना; तैलीय तरल पदार्थमें परिवर्तित करना; ~ one's *hand* घूस देना; ~ one's *tongue* चाटुकारिता करना, चिकनी-चुपड़ी बातें करना, चापलूसी करना; ~ *the wheels* (शा० एवं ला०) नम्रतासे या घूस इत्यादिसे काम निकालना।

oiled a. तैलाक्त, तेलयुक्त, तेल मिला हुआ, तेल लगाया हुआ (~ *sardines*); (ग्रा०) हलकी मात्रामें मदिरोन्मत्त; ~ silk चिकने पदार्थके प्रयोग द्वारा जलरुद्ध बनाया हुआ रेशमी कपड़ा।

oiler n. तेल लगानेवाला, चिकनानेवाला।

oiliness n. तैलाक्तता, तेलियापन, चिकनाहट, चिकनाई; चाटुकारिता।

oilless a. तैलविहीन, तैलरहित, बेरोगन।

oily a. तैलाक्त, तैलपूर्ण, तैलसिक्त, तैलयुक्त, तैलीय, तैलवत्, स्निग्ध, चिक्कण, रोगनी, तेलिया, चिकना; अस्थिर; (आचरण इत्यादि) चाटुकार, चिकना-चुपड़ा, चापलूस, खुशामदी;

~ canvas, ~ lustre, ~ paper, ~ rag, ~ waste.

oinomania n. = OENOMANIA.

ointment n. अभ्यंजन, विलेप, विलेपन, तैलाक्तनिर्मित लेप, उबटन, मरहम, मालिश।

Oireachtas n. आयरलैण्डका विधान संसद्।

O. K. सर्व कुशलम्, सब ठीक है, सब सही है।

okapi n. प्रग्रीव, मध्य-अफ्रीकी पशु-विशेष, ओकाफ, ओकापी।

okay दे० O. K.

oke intr. O. K. का रूपान्तर।

okra n. एक प्रकारका फल, ओकरा।

old* a. वयोवृद्ध, वृद्ध, गतवयस्क, गतायु, चिरकालिक, बुड्ढा, बूढ़ा*; वर्षीय, आयुका, उम्रका (*is ten years* ~); जरठ, जरातुर, जीर्ण, जीर्णशीर्ण, जर्जर, क्षयप्राप्त, नष्ट, फटा-पुराना (~ *clothes*); अनुभव, आयुगत गुणों या लक्षणोंसे युक्त (*child has an* ~ *face*); दीर्घकालसंस्थापित, दीर्घकालप्रसिद्ध, बहुकालिक, पूर्वकालिक, चिरघनिष्ठ, चिरप्रिय, चिरज्ञात, पुरातन, प्राचीन, बहुकालपूर्वनिर्मित, पुराना* (~ *Ocean*); गुण अथवा क्रियामें अथवा कार्यकारिका शक्तिके रूपमें अभ्यस्त अथवा पुरातन (~ *in crime*); प्राचीनयुग, प्राचीनकाल (*men of* ~); प्रयोगातीत अथवा अप्रचलित, असामयिक, केवल अथवा प्रधानतः विगत, पुराना पड़ा हुआ, गया-बीता, पुराना; ~ bachelor चिरकुमार, आजन्म कुमार; ~ bird अनुभवी व्यक्ति, चौकन्ना व्यक्ति; ~ boy पुरातन छात्र या भूतपूर्व विद्यार्थी; ~ boy, chap, fellow, man पिता या पति आदि घनिष्ठ व्यक्ति; ~ countries प्राचीन संस्कृतिवाले अथवा पुराने बसे हुए देश; ~ country मातृभूमि, मातृदेश; ~ face (१८४४ में पुनरुज्जीवित) रोमन मुद्रण-टाइप; ~-fashioned व्यवहारातीत चलन या शैलीका, पुरानी चालका; ~-fashionedness चलनगतव्यवहारिता; ~ fashions व्यवहारातीत चलन या शैलियाँ; O~ Glory अमरीकी राष्ट्रीय ध्वजा; ~ hand अभ्यस्त कर्मी, अनुभवी व्यक्ति, पुराना आदमी; ~ London, Paris, England, *etc.* प्राचीनकालिक लन्दन, पेरिस, इंग्लैण्ड इत्यादि अथवा इनकी पूर्वदशाओंके भग्नावशेष; ~ salt अभ्यस्त या अनुभवी नाविक; ~ school पुरातन पन्थ; ~ timber ʊ = VETERAN; O~ Tom शराबका एक प्रकार; ~ woman अम्मा; भीरु तथा झींझटी व्यक्ति; ~ womanish किंचित् भीरु व्यक्ति; ~-wo-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

manishness किंचित् भीरुता; ~-womanliness कायरता; ~-womanly भीरु, कायर, डरपोक; ~ world पाताललोक, पुरातन जगत्, गैर अमरीकी देश; *any* ~ *thing* (ग्रा०) कोई भी अच्छी-बुरी चीज; *good* ~ (ग्रा०) नामके साथ प्रयुक्त, किसी व्यक्ति या वस्तुके कार्यकी वास्तविक अथवा व्यंग्यपूर्ण प्रशंसामें; *have a fine, good, high,* etc. ~ *time* (ग्रा०) अपना मनोरंजन करना, मजा उठाना, ऐश मनाना; *my* etc. ~ *bones* मैं या मुझको इत्यादि, जो कि वृद्ध है; *my* etc. ~ *man* (बोल०) पति; *my* etc. ~ *woman* (बोल०) पत्नी; *of* ~ *standing* चिरसंस्थापित, बहुकालसंस्थापित; *of the* ~ *school* पुरातन प्रथानुयायी, पुरानी रीतियोंका पोषक; ~ *head on young shoulders* उम्रसे बड़ी बुद्धि; *O*~ *Lady of Threadneedle Street* इंग्लैण्डका बैंक; ~ *man of the sea* दृढ़ व्यक्ति, जिसे विचलित न किया जा सके; ~ *man's beard* एक प्रकारकी काई; *the good* ~ *times* पूर्वपीढ़ियोंके रीति-रिवाज इत्यादि; *the* ~ *man* अध्यात्मिक-जागृतिविहीन व्यक्ति; *the* ~ *one* or *gentleman, O*~ *Harry, Nick, Scratch* etc. प्रेत, शैतान; *the O*~ *World* पूर्वी गोलार्द्ध; *the* ~ *year* सद्यः समाप्त अथवा अभी जानेवाला वर्ष; *young and* ~ प्रत्येक व्यक्ति, बालक-युवक-वृद्ध सभी, छोटे-बड़े सब;

~-age, ~-aged, ~-age pension, ~ alluvial, ~ beliefs, ~ blue, ~ bullets, ~ campaigner, ~ case, ~ cases examination room, ~ cedar, ~ china, ~-clothesman, ~ coral, ~ crops, ~ debt, ~-established, ~-faced, ~ family, ~ friend, ~ fund, ~ fustic, ~-gentlemanly, ~ gold, ~ grudge, ~-hearted, ~ hind, ~ ivory, ~-looking, ~ magazines, ~ maid, ~ memories, ~ mountain, ~ name, ~-new, ~ newspapers, ~ offender, ~ order, ~ pink, ~ red, ~ region, ~ rose, ~ scale, ~ scarlet, ~ series, ~-sighted, ~ standing, ~ times, ~ tuberculin, ~ valley, ~ wine, ~ wood.

olden[1] v.t. & i. जीर्ण या पुराना इत्यादि करना या होना जैसे आयुके साथ।

olden[2] a. (प्रा० एवं सा०) प्राक्तन, पुराकालीन, पुराण, पुरातन, प्राचीन, पूर्वयुगीन, पुराना।

oldest ⊙ a. (आयुमें) सबसे वृद्ध, सबसे बड़ा।

oldish a. किंचित् पुरातन, ईषद्-वृद्ध, किंचित् प्राचीन, पुराना-सा, किसी कदर पुराना।

oldness n. (अब क०) पुरातनता, प्राचीनता, पूर्वकालीनता, प्राक्कालीनता, चिरकालिकता, बहुकालिकता, पुरानापन; जीर्णता, जर्जरता; वृद्धत्व, बुढ़ापा।

oldster n. वयस्क, बड़ा।

oleaginous a. मसृण, तैलाक्त, तैलगुणयुक्त, चिक्कण, स्निग्ध, तैलधर्मा, चिकना, चर्बीदार, रोगनी, तेलिया।

oleaginousness n. = OILINESS.

oleander n. (वन०) करवीर, चण्डात, हयमारक, भूमध्यसागरके पूर्वप्रदेशका चिरहरित विषाक्त गुल्म-विशेष, एक झाड़ी।

oleaster n. कटु वंकोली, जंगली जैतूनवृक्ष; उससे मिलता-जुलता छोटासा पीले फूलोंवाला वृक्ष-विशेष।

oleate n. (रसा०) ओलिक, ओलिक तेजाबका नमक।

olefiant a. (रसा०) तैलकर।

olefine n. तैलकारी, एक तैलकी तरहका रासायनिक द्रव्य।

oleic a. तैलीय, तैल-सम्बन्धी; तैल-निर्मित, तेलसे बना हुआ (~ *acid*)।

oleiferous a. तैलद, रोगनदार, तेलवाला।

olein n. (रसा०) ओलिक, ओलिक तेजाबसे बनी ग्लीसरीन।

oleograph n. तैलचित्र, रोगनी तस्वीर।

oleography तैल-चित्रकारी।

oleomargarine n. कृत्रिम नवनीत, बनावटी मक्खन।

oleometer n. तैलमान, तैलमापक-यन्त्र।

oleoresin n. तैलोद्यास, तेलमें मिला विरोजा।

oleraceous n. शाक-विषयक, तरकारीका, सागका।

oleum n. = OIL.

olfaction n. (श० र० शा०) घ्राणेन्द्रिय; घ्राण, सूँघना।

olfactive a. घ्राणेन्द्रिय-सम्बन्धी, नासिका-सम्बन्धी।

olfactology n. गन्धविज्ञान।

olfactometer n. गन्धमान, घ्राणशक्ति-मापक।

olfactometry n. गन्धमिति।

olfactory १. n. नस्य, नासा, नाक; गन्ध; २. a. घ्राण-, नासा-; गन्धीय, घ्राण-सम्बन्धी, सूँघनेवाला (~ *nerves*);

~ organ नासिका, नाक;

~ area, ~ bulb, ~ capsule, ~ cell, ~ hair, ~ lobe, ~ nerve, ~ nerve fibre, ~ pit, ~ sac, ~ sensillae, ~ seta, ~ tract.

olibanum n. तुरुष्क, लोबान, (वृक्षोंसे) बहनेवाला गोंद।

olid n. दुर्गन्धि, बदबू।

oligaemia n. असामान्य रक्ताल्पता, रक्तकी असाधारण कमी।

oligarch n. उच्चकुलतन्त्री, धनिकतन्त्र अथवा स्वल्पजनसत्तात्मक शासनतन्त्रका अधिकारी।

oligarchic, -al aa. उच्चकुलतन्त्रीय, अल्पतन्त्रीय, स्वल्पजनसत्तात्मक।

oligarchy n. उच्चकुलतन्त्र, स्वल्पतन्त्र, अल्पजनाधिपत्य, धनिकतन्त्र, स्वल्पजनसत्तात्मक राज्यपद्धति या स्वराज्य, अल्पतन्त्र, थोड़े-से लोगों द्वारा शासित राज्य अथवा उनकी सरकारें; उपर्युक्त शासनतन्त्रके अधिकारी।

oligist n. शोणितिज, कच्चा लोहा।

oligistic a. कच्चे लोहेका।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

oligocene n. लोहयुग, आदिनूतन युग।
oligoclase n. अल्पदलिज, चूनेकी चट्टानकी जातिका पदार्थ।
oligocythaemia n. रक्तके कीटाणुओंका विकार, कीटाणु-रोग।
oligophagous a. अल्पभक्षी, अल्पाहारी।
oligopod n. अल्पपाद, थोड़े पैरवाला।
oliguria n. अल्पमूत्रता, पेशाबकी कमी।
olio (pl. *-s*) n. मिश्रण, संग्रह, मिलावट, पँचमेल, घाल-मेल, गड-मड; मिश्रित भोजन, खिचड़ी, विभिन्न प्रकारके मांसों और भाजियोंकी चखनी, कोर्मा, दुपियाजा, पुलाव।
olitory a. शाकीय, शाक-सम्बन्धी, साग-सब्जीसे सम्बन्धित।
olivaceous a. आबभ्रु, जैतूनके रंगका।
olivary a. अण्डाकार, तैलबदराकार, जैतूनके आकारका।
olive १. n. (*~-tree* भी) जैतूनका वृक्ष अथवा जितवृक्ष, जैतून. पीले-सफेद रंगकी संकीर्ण पत्तियोंवाला चिरहरित वृक्ष-विशेष, तैलबदर; जैतूनकी पत्ती, पत्तियोंका हार अथवा जैतूनकी शाखा; जैतूनका फल या गुठली; तिक्त नीलाभ-श्याम रंगकी छोटी अण्डाकार गुठली; जैतूनकी लकड़ी या तैलबदर काष्ठ; जैतूनका रंग, तैलबदर हरिवर्ण; कच्चे जैतूनकी तरह रँगा हुआ (*~-green* भी); (वर्ण या रंग-सम्बन्धी) पीताभ-कर्बूर, कुछ-कुछ कालापन लिये हुए भूरा; (pl.) धीमी आँचमें शाकके साथ पकाये हुए गाय या बछड़ेके मांसके कतले; जैतूनके फलकी आकृतिकी घोंघोंकी किस्में; जैतूनकी आकृतिकी घुण्डी, बटन इत्यादि; ~-branch शान्ति अथवा सुलहकी प्रतीक जैतूनकी शाख; शिशु, बाल, बालक; ~ oil तैलबदर तैल, जैतूनका तैल; ~ yard जैतूनका खेत; *hold out the ~-branch* मित्रता प्रदर्शित करना, शान्ति या सुलहके प्रस्ताव करना; मेल-मिलापका प्रस्ताव करना।
~-bordered, ~ brown, ~ bulbul, ~-crown, ~-cheeked, ~-coloured, ~-complexioned, ~ crown, ~ flycatcher, ~ green, ~ grey, ~ knot, ~-shaded, ~-shadowed, ~-sided, ~-skinned, ~ tubercle, ~-wood, ~-wood oil, ~ yellow.
olivenite n. तैलबदरवर्ण रासायनिक पदार्थ-विशेष।
Oliver n. यन्त्र-घन, कील-काँटा गढ़नेका छोटा हथौड़ा।
Oliverian n. आलिवर क्रामवेलका हामी।
olivet, olivette nn. जैतूनकी आकृतिकी घुण्डी।
olivine, -in n. हरितोपल, एक रत्न विशेष।
olla n. कलश, सुराही।
ollapodrida n. मांस या भाजीका उबाला हुआ भोजन।
ology n. (बोल०) विज्ञान।
olpe n. (प्राचीन यूनानी) एक सुराही।
olympiad n. घटनाओंके तिथि-निर्धारणमें प्राचीन यूनानियों द्वारा प्रयुक्त शब्द, ओलम्पायी खेलोंके बीचका चार वर्षोंका समय।
Olympian १. n. अतिमानव; शान्त और विरागी मनुष्य; प्राचीन यूनानके बड़े देवताओंमेंसे एक देवता; ओलिम्पसका निवासी; २. a. सात्विक, श्रेष्ठ, उत्कृष्ट, भव्य, दिव्य, देवलोकवासी, ओलिम्पस।
Olympic a. ओलम्पिया-सम्बन्धी; ~ games प्राचीन यूनानियों द्वारा ओलिम्पियामें प्रत्येक चार वर्षके बाद मनाये जानेवाले उत्सव; चतुर्वार्षिक अन्तर्राष्ट्रीय खेल-कूद-प्रतियोगिता-सम्मेलन।
omadhaun n. मूर्ख, मूढ़, निर्बुद्धि।
ombre n. ताशका एक खेल-विशेष।
ombrology n. वर्षाज्ञान, वर्षाविज्ञान।
ombrometer n. वर्षामान, वर्षामापक।
omega n. यूनानी वर्णमालाका अन्तिम अक्षर (Ω), लम्बाकार O, दीर्घ ओ, ह्रस्व, ह्रस्वर्ण, ह्रकार; अन्तिम विकास; अनुक्रममें अन्तिम (वस्तु, व्यक्ति); alpha and ~ आदि और अन्त।
omelet(te) n. भुजिया, पकवान (विशेष), ऑमलेट; savoury ~ शाक मिलाकर बनाया हुआ ऑमलेट; sweet ~ चीनी या मुरब्बा मिलाकर बनाया हुआ ऑमलेट; *cannot make an ~ without breaking eggs* बिना साधनोंके उद्देश्यकी पूर्ति नहीं होती।
omen १. n. भविष्यवाणी, भविष्यसूचक भावार्थ; शकुन, अपशकुन, पूर्वाभास, पूर्वचिह्न, शुभाशुभचिह्न, शुभलक्षण, अशुभलक्षण, सगुन; २. v.t. भविष्यवाणी करना. पूर्वाभास देना, अपशुकनकी सूचना देना।
omental a. उदरावयवीय, पेटके अवयवसे सम्बन्धित।
omentum n. युज, वपा, वपाजाल, पेटका परदा या झिल्ली।
omer n. (हिब्रूजातिमें प्रचलित) सूखी चीजका एक माप।
omicron n. यूनानी अक्षर (O, o); ७० की संख्या।
ominous a. अपशाकुनिक, अपशकुन-सम्बन्धी, अनिष्टशंसी, भविष्य दुर्घटना-सूचक, अपशकुनका, अपशकुनी; शाकुनिक (दुर्लभ), अशुभशासी, अशुभ, दुर्लक्षण, अलक्षण, अमंगल-सूचक।
ominousness n. अशुभता, अपशकुन, अमंगल।
omissibility n. लोप्यता, अतिक्रमणीयता।
omissible a. उपेक्षणीय, लोप्य, अतिक्रमणीय, अनुल्लेखनीय, त्याज्य।
omission n. त्रुटि, अवहेलना, उपेक्षा, असम्पादन, भूल, चूक, गलती, लापरवाही; अतिचार, अतिक्रम, वर्जन, लंघन, लुप्ति, लोपन, लोप, त्याग; (कानून) कार्यलोप, अकरण, अकृत; अप्रतिपालित कर्त्तव्य; *sins of ~ and commission* लुप्ति-पाप या लोप-पाप एवं कृत पाप।
omissive a. असम्पादन-सम्बन्धी; लंघन-सम्बन्धी; ऋणात्मक।
omit v.t. असम्पादित छोड़ना, किसी कार्यको करनेमें असमर्थ रहना, किसी कार्य अथवा आचरणकी उपेक्षा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

करना; सन्निविष्ट न करना, सम्मिलित न करना, उल्लेख न करना, लुप्त करना, लोपन करना, लोप करना, मिटाना, निकालना, छोड़ देना, छोड़ जाना, चूकना, भूलना, बिसारना, न करना, चूक जाना, शामिल न करना।

omnibus १. n. (pl. *-es*) संवाहन, सर्वयान, सर्ववेशनी; बस (*hotel* ~, *family* ~); (~ *book*) कम मूल्यपर प्रकाशित तथा एक ही लेखककी अनेक कहानियों, नाटकों इत्यादिकी पुस्तक; २. a. सार्वत्रिक, बहुगर्भित, बहुपदीय, बहु उद्देश्य-साधक, कई प्रयोजन एक साथ सिद्ध करनेवाला, कई मदोंको सम्मिलित करनेवाला (*an* ~ *bill*); बहुस्थान-, बहुस्थानीय (जैसे, ~ *circuit*); ~ train सब स्टेशनोंपर रुकनेवाली गाड़ी; ~ wire (बिजली) सर्वतरंगी तार।

omnicompetence n. सर्वकार्याधिकार, सभी काम करनेका वैधानिक अधिकार।

omnicompetent a. सर्वकार्याधिकृत, सब कार्य करनेके वैधानिक अधिकारसे युक्त।

ommidirectional a. सर्वतोमुखी, सर्वदिक्, सब ओरका।

omnifarious a. सर्वविध, सब प्रकारका, भाँति-भाँतिका।

omniferous a. सर्वोत्पादक, अनेक प्रकारकी वस्तु उत्पन्न करनेवाला।

omnific a. सर्वोत्पादक, सबको उत्पन्न करनेवाला।

omniform a. सर्वाकृति, सभी आकृतियोंवाला।

omniformity n. सर्वाकार, हर आकारका होना।

omnigenous a. सर्वजातीय, सब प्रकारका, हर मेलका।

omniparity n. सर्वसाम्य, सर्वसमता।

omniparous a. सर्वनिर्माता, सभी चीजें बनानेवाला।

omnipatient a. सर्वतितिक्षु, सर्वसहिष्णु, सब कुछ सहनेवाला।

omnipercipience n. सर्वदर्शिता, सर्वबुद्धिता, पूरी समझ।

omnipercipient a. सर्वदर्शी, सर्वज्ञ।

omnipotence n. सर्वसामर्थ्य, अमितशक्तित्व, असीम शक्ति, अपार शक्ति, सर्वशक्तिमत्ता, ईश्वरता, अत्यधिक प्रभाव।

omnipotent a. सर्वशक्ति, सर्वशक्तिमान्, सर्वसमर्थ; the O~ सर्वशक्तिः ईश्वर, सर्वशक्तिमान्।

omnipresence n. सर्वव्यापिता, विश्वव्यापिता, सर्वव्यापकता, सर्वव्याप्ति, विश्वव्याप्ति, विश्वरूपता, विश्वात्मकता।

omnipresent a. सर्वज्ञ, सर्वज्ञानी, सर्वात्मक, सर्वव्यापी, सर्वव्यापक, सर्वगत, विश्वरूप, विश्वात्मा।

omniscience n. सर्वज्ञता, सर्वज्ञान अथवा उसका दिखावा, ईश्वरता।

omniscient a. सर्वज्ञ, त्रिकालज्ञ, सर्ववित्, सर्वज्ञानी, विश्वनेत्र, सर्वसाक्षी, सर्वदर्शी; the ~ सर्वज्ञ ईश्वर, सर्वान्तर्यामी परमात्मा।

omnium n. कुल पूँजी, राशि; ~ gatherum अद्भुत-मिश्रण, वस्तुओंका फुटकर ढेर, व्यक्तियोंकी फुटकर भीड़, वह दावत जिसमें प्रत्येक व्यक्ति आमन्त्रित हो।

omnivorous a. सर्वभक्षी, सर्वभोजी।

omnivorousness n. सर्वभक्षिता, सर्वभोजिता।

omophagia n. (धार्मिक विधियोंके लिए) कच्चे मांस खानेकी प्रथा।

omophagous a. कच्चा मांस खानेकी प्रथावाला।

omoplate n. स्कन्धास्थि, कन्धेकी हड्डी।

omphacite n. (खनि०) शाद्वलिज।

omphalic a. नाभ्य, नाभि-सम्बन्धी।

omphalism n. केन्द्रीयकरण (विशे० शासकीय)।

omphalocele n. नाभिस्फोट।

omphalos n. नाभि; डैल्फी नामक स्थानपर गड़ा एक पत्थर जिसे संसारका केन्द्रबिन्दु बताया जाता है।

on[1] १. n. (क्रिकेटके खेलमें विकेटकीपरके सामने) दाहिने हाथका मैदान (*a fine drive to the* ~); २. a. क्रिकेटके खिलाड़ीके दाहिने हाथकी तरफका अथवा उस तरफके मैदानका; सटा हुआ, लगा हुआ; ३. adv. अनवरत, अविराम, निरन्तर, लगातार, बराबर, और आगे, आगेकी ओर या तरफ, बढ़के, जारी (*getting* ~ *for two o'clock*); उधर, परे, ऊपर, पर, को, में, से (*put the tablecloth* ~); पहने हुए; ४. v.t. ~-*drive* दाहिनी ओर हाँकना; *be* ~ (बोल०) किसीके पक्षमें होना, साथ देना; *be* ~ *to* person किसी व्यक्तिके इरादोंको जान लेना; *get, be,* ~ दाँव लगाना, दाँव लगा चुकना; *Macbeth is* ~ नाटक खेला जा रहा है; ~ *licence* शराबकी दुकानके अन्दर शराब पिलानेकी समनुज्ञा है; *send* ~ आगे भेज देना; ~ *with your* coat पहन लो।

on[2]* prep. ऊपर*, पर*, को, में (*sat* ~ *the table*); अभिप्राय, उद्देश्य, आधार, केन्द्र, धुरी, स्तर (दृढ़ीकरण अथवा प्रत्याभूतिके साथ) पर (*based* ~ *fact*); (समयका) तत्क्षणान्तर, फलस्वरूप, तत्काल, उसी समय, में, बीचमें (*happened* ~ *the morning* etc. *of 29 Feb.,* ~ *arriving, my return, I found*); संश्रित, ससक्त, उपागत, निकटागत, सस्पृष्ट, निकट, पार्श्वमें, पास, सामने, आगेकी दिशामें, ठीक बाद या पीछे, ठीक ऊपर या पर (*serve a notice, writ,* ~); अतिरिक्त रूपसे (*ruin* ~ *ruin*); विषयक, सम्बन्धसे, प्रभाव डालते हुए, में रहते हुए, में चलते हुए (*did it* ~ *my way* इत्यादि); लागू; (संज्ञाके साथ क्रिया या दशामें प्रयुक्त) पर, से, के साथ, (~ *the look-out* अथवा विशेषणके साथ, ~ *the cheap, sly*); *bowling is* ~ *the wicket* गेंदका सीधे विकेटकी ओर फेंका जाना, *gone* ~ (आ०) मोहित, लट्टू; ~ *account of* के कारण, के मद्धे; ~ *deer* ⊙ हिरनके लिए; ~ *duty* कामपर; ~ *hand* ⊙ मेरे द्वारा; ~ *lectures* व्याख्यान-सम्बन्धी; ~ *life* ⊙ जीवन-सम्बन्धी; ~ *me* ⊙ मेरे विरुद्ध; ~ *the contrary* प्रत्युत, उलटे; ~ *the instant* तत्काल,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

फौरन; ~ *the train* ⊙ ट्रेनमें; ~ *time, the minute*, etc. ठीक समयपर; *is rather* ~ कुछ नशेमें है;

~flowing, ~ hanger, ~lay, ~look, ~rushing, ~shore, ~-side.

onager n. गोरखर, जंगली गधेकी एक जाति, ओनेगर।

onanism n. अपूर्ण मैथुन, हस्तमैथुन, आत्मव्यभिचार।

onanist n. आत्मव्यभिचारी।

once १. adv. एकदा, केवल एक अवसर या एक समयपर, एक बार (*have read it more than* ~); किसी (विगत) समयमें, पहले कभी (~ *there was a giant*); किसी निश्चित किन्तु अविशिष्ट विगत अवसरपर (~ *upon a time* भी); कभी, एक या पहली बार, बिलकुल (*if we* ~ *lose sight of him*); २. conj. एक बार, एक मरतबा, एक मौका, एक दफा, कभी भी (~ *is enough for me*); ज्योंही, जब एक बार, यदि केवल एक बार (~ *he hesitates, we have him*); ~-over ⊙ प्रारम्भिक निरीक्षण; *at* ~ तुरन्त, एकदम, फौरन; *don't all speak at* ~ आप सब एक साथ न बोलिए; *for, this* or *that,* ~ अपवादस्वरूप किसी एक अवसरपर, बस अबकी बार, बस उसी मरतबा; ~ *and again* बार-बार, एक बारसे अधिक; ~ *bit twice shy* कष्ट, (हानि इत्यादि) सतर्कता या सावधानीकी शिक्षा दे देते हैं; ~ *for all* निश्चित रूपसे, सदाके लिए, आखिरी तौरपर; ~ *in a while* or *way* क्वचिद्, बहुत कम; ~ *more* एक बार और, फिरसे।

oncer n. केवल रविवारको गिरजाघर जानेवाला।

oncology n. फोड़े-फुंसियोंका ज्ञान।

oncome n. बौछाड़; आक्रमण, वार।

oncometer n. (शरीरका) अवयव-भार-मान, अवयवोंके भारको नापनेका यन्त्र।

oncoming[1] १. n. उपागम, पहुँच।

oncoming[2] a. समीपी, नजदीकी, निकट आनेवाला।

oncost n. अतिव्यय, अतिरिक्त व्यय, ऊपरी खर्च; (~*man* भी) खानमें काम करनेवाला मजदूर।

oncotomy n. अर्बुदच्छेदन, रसौलीका चीर-फाड़।

one (numeral) १. n. एक, एककी संख्या, एक वस्तु, एकका अंक, (उद्देश्यों, मतों, कार्यों, भागों, इकाई आदिमें) अभिन्नता, ऐक्य, एकरूपता, अनन्यता, संयुक्तता, अनुपमता, अविभक्तता, अविरोधता; कोई एक वस्तु या व्यक्ति अथवा उदाहरण (*God is* ~); लुप्त संज्ञाके लिए A के स्थानपर प्रयुक्त (*one man*); सूचित व्यक्ति या वस्तु (~ *of them lost his hat*); २. a. एक, दोका आधा (~ *is half of two*); मात्र-एक, ऐक्य-विधायी, एकरूप, अपरिवर्तित, अनन्य, अविभक्त, अभिन्न, संयुक्त, वही, अकेला, केवल एक, इकला, विशिष्ट किन्तु अनिर्धारित, (दो वस्तुओंमें प्रभेद दर्शानेके लिए तुलना करनेके उद्देश्यसे प्रयुक्त, *is* ~ *and undivided*); ३. pron. विशिष्ट प्रकारका व्यक्ति, कोई; मनुष्य जातिका कोई व्यक्ति; (possessive ~'s, किसीका, किसी व्यक्तिका); अमुक व्यक्ति, एक निर्दिष्ट किन्तु अविशिष्ट व्यक्ति, फलाँ आदमी (प्रा०, ~ *came running*); अशुद्ध रूपमें *I* के लिए भी (~ *let it pass*); Aeneid, book, ~ ईनियडका प्रथम भाग; ~ another अन्योन्य, इतरेतर, परस्पर; ~-eyed एकाक्ष, एकाक्षिहीन, काना; ~fold इकहरा; सीधा; ~-horse एक घोड़ेसे चलनेवाला; ~-idea'd, -ideaed संकीर्ण दृष्टिवाला व्यक्ति, संकीर्ण मस्तिष्कवाला; ~-man एक ही आदमीका (काम), एक ही व्यक्तिके लिए या के द्वारा; ~-piece एक टुकड़ेका; ~self स्वयं, अपने तईं, खुद; ~-sided एकपक्षीय, एकपार्श्वी, अन्यायपूर्ण, पक्षपातपूर्ण, एकतरफा, एकरुखा; ~-sidedness एक-पार्श्विता, पक्षपात, एकतरफी, तरफदारी, एकरुखी; ~step दुहरे समयमें होनेवाला सबल प्रकारका फाक्सस्ट्रीट अंग्रेजी नृत्य-विशेष; ~time member ⊙ भूतपूर्व सदस्य; the Evil O~ शैतान; *all in* ~ सम्मिलित या सब मिले हुए; *at* ~ एकमत, सम्मत; *become* ~ एकीभूत होना; *in the year* ~ बहुत कालपूर्व, युगों पहले; *it is all* ~ *to me* मेरे लिए एक समान है, मुझे उसमें कोई दिलचस्पी नहीं है; *not* ~ *thing* ⊙ = NOTHING; ~ or *the* ~ —, *the other* दो वस्तुओंके बीच भेद-प्रभेद दर्शानेका सूत्र (जैसे, ~ *is immoral, the other nonmoral,* बहु०के साथ भी जैसे, *sheep and goats, of which the* ~ *are the good* etc.); ~ *and all* सबके सब; ~ *by* ~, ~ *after another* एक-एक करके, बारी-बारीसे; ~ *too many* अतिकठिन; ~ *who excuses himself accuses himself* चोरकी दाढ़ीमें तिनका; ~ *who goes a-borrowing goes a-sorrowing* उधार खाना .फूसका तापना; ~ *with another* औसतन; *put on* ~ *side* सुरक्षित रखना; *remains for ever* ~ सदैव एक-सा रहता है; *that was a nasty* ~ वह बहुत कठिन विपत्ति थी, वह बहुत गम्भीर चोट थी; *the all and the* ~ पूर्णता एवं एकता; *they are at* ~ उनमें अब सन्धि हो गयी है; *were made* ~ विवाहसूत्रमें आबद्ध किये गये; *will you make* ~ ? (प्रा०) क्या आप हमारे समूहमें सम्मिलित होंगे ?

~-actor, ~-armed, ~-blade, ~-bladed, ~-buttoned, ~-cell, ~-cell thick, ~-chambered, ~-classer, ~-coloured, ~-crop climate, ~-cusped, ~-decker, ~-eared, ~-finned, ~-flowered, ~-flowered winter green, ~-footed, ~-grained, ~-handed, ~-handedness, ~-legged, ~-leggedness, ~-man company, ~-man market, ~ month's notice, ~ month's pay, ~ per-cent, ~-price shop, ~ quarter, ~ round gun-fire, ~ round salvo fire, ~ round

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

troop fire, ~-seeded, ~-seeded berry, ~-stripper, ~-two-three.

oneirocritic n. स्वप्नविचारी, स्वप्नका फल बतानेवाला।

oneirocritical a. स्वप्न-फल-सम्बन्धी।

oneirocriticism n. स्वप्न-विज्ञान, स्वप्नफल-विज्ञान।

oneirodynia n. अशान्त निद्रा, बेचैन नींद।

oneirology n. स्वप्नशास्त्र, स्वप्नका अध्ययन।

oneiromancy n. स्वप्नार्थ, स्वप्नार्थविचार, स्वप्नसे भावी घटना बताना।

oneness n. अभिन्नता, अनन्यता, एकरूपता, परिवर्तन-रहितता, अपरिवर्तितता; एकत्व, अनुकूलता, ऐक्य, एकता, एकमतता, एकभाव, अन्वय, संयोग, अभेद, अविरोध, अविच्छिन्नता, सम्मिलन, अविशिष्टता, सम्पूर्णता; अद्वैतता; पार्थक्य, पृथक्ता, स्वतन्त्रता; अनुपमता, विलक्षणता, अपूर्वता, असाधारणता, निरालापन, अनोखापन, बेजोड़पन।

oner n. आश्चर्यजनक वस्तु, विलक्षण बात, अद्‌भुत पदार्थ, अपूर्व, असाधारण, सर्वोपरि, सर्वश्रेष्ठ अथवा सर्वोत्तम व्यक्ति या वस्तु (ग्रा०); (ग्रा०) घोर असत्य, बड़ा भारी झूठ; (बोल०) थप्पड़, एक हाथ (*gave him a ~*)।

onerary a. भारवान्, भारस्वरूप, बोझिल।

onerous a. दुर्वह, कष्टकर, कष्टप्रद, कष्टसाध्य, कष्टदायक, भारवान्, दुर्भर, भार-सदृश, भार-रूप, कठिन, दोभर, भारी, (*~ deed, gift, tax*)।

onerousness n. दुर्वहता, कष्टकरता, कष्टसाध्यता, भारूपता, जड़ता; मुश्किलाहट।

onfall n. आक्रमण, धावा, वार।

onflow n. आगेकी ओरका बहाव।

ongoing n. पुरःसरण, अग्रगमन, अग्रचलन, आगे चलना।

ongoings *or* **goings-on** n. (साधारणतः विचित्र अथवा अनुपयुक्त) कार्यवाही।

oniomania n. क्रयोन्माद, वस्तुएँ खरीदते रहनेकी सनक।

onion १. n. पलाण्डु, सुकन्दक, प्याज (का पौधा); (ग्रा०) बरमूडाका अधिवासी; २. v.t. प्याज लगाना, आँसू निकालनेके लिए आँखोंमें प्याज मलना।

onionskin n. अतिसूक्ष्म कागज।

oniony a. पलाण्डुरूप, सुकन्दकीय, प्याजसे सम्बन्धित, प्याजी।

oniscoid a. नमीमें पाये जानेवाले विशेष प्रकारके कीड़ोंसे सम्बन्धित।

onliness n. कैवल्य, केवलता, मात्रता।

onlooker n. दर्शक, तमाशबीन।

only[1]* a. मात्र, एकमात्र, अद्वितीय, अनन्य, एव, एक, अकेला, इकलौता, केवल*, निरा (*the ~ way is to die*)।

only[2] १. adv. इत्यलम्, अतिरिक्त, मात्र, इतनेपर, मात्ररूपेण, वहिष्कृत रूपमें, किसी वस्तु या व्यक्तिके साथ, सिवाय, बस, इतना ही, ही, ही भर, केवल, निरा, सिर्फ, बस, महज (*I not ~ heard it, but saw it*); २. conj. किन्तु, मगर यह है कि (*he makes good resolutions, ~ he never keeps them*); यदि ऐसा न होता, अपवादके साथ, अलबत्ता, परन्तु (*he does well, ~ that he is nervous at the start*); *came ~ yesterday* अभी कल ही आया; *if ~* काश, अगर कहीं (*if ~ someone would leave me a legacy !*); *I ~ thought I would do it* किसी बातको कार्यान्वित न कर पाना; *~ not* के अतिरिक्त, के सिवाय; *~ too glad, true,* etc. सचमुच अत्यधिक प्रसन्न, आशाके विपरीत निरा सत्य; *~ you* or *you ~ can guess* केवल तुम्हीं अनुमान कर सकते हो और कोई नहीं; *you can ~ guess* or *guess ~* तुम केवल अनुमान ही भर कर सकते हो।

onomastic a. हस्ताक्षरीय, दस्तखत-सम्बन्धी; संज्ञा-विषयक, नाम-सम्बन्धी।

onomasticon n. व्यक्तिवाचक-संज्ञा-कोष।

onomatology n. संज्ञा, नाम, नामकरण, नामावली, शब्दावली।

onomatope n. शब्दब्रह्माण्ड।

onomatopoeia n. अनुकार, अनुकरण (अलंकार)।

onomatopoeic, -poetic aa. अनुकरणमूलक, अनुकृतिमूलक।

onrush n. अग्रधावन।

onset n. अभिसम्पात, प्रचण्ड अभ्याघात, प्रबल अभियान, वेगवान् अभिक्रमण या अभिग्रह, भीषण आक्रमण, धावा, चढ़ाई।

onsetting n. भड़कना।

onslaught n. भयानक अभ्याघात, प्रचण्ड अभियान, नृशंस अभिक्रमण, प्रबल अभिग्रह, भीषण आक्रमण, धावा, हमला।

ontogenesis n. मानव-प्रगति-इतिहास, मानव-विकास-वृत्त।

ontogenetic a. मानव-प्रगत्यात्मक, मानव-विकास-सम्बन्धी।

ontogeny n. = ONTOGENESIS.

ontological a. तात्त्विकीय, सत्ताशास्त्रीय।

ontologism n. सत्वविद्या, सत्तानुभव, सत्ताज्ञान।

ontologist n. सत्वविद्याज्ञ, सत्वविद्यावेत्ता, सत्ताशास्त्रज्ञ, सत्ताशास्त्री।

ontology n. तात्त्विकी, सत्वविद्या, सत्ताशास्त्र, भूत-विचार, वस्तुओंके तत्त्व अथवा अमूर्त सत्तासे सम्बन्धित अध्यात्मविद्याकी शाखा-विशेष।

onus n. (pl. नहीं होता) दायित्व, उत्तरदायित्व, कर्तव्य, भार, बोझ, बोझा, जिम्मेदारी।

onward १. a. अग्रवर्ती, अग्राभिमुखी, बढ़ा हुआ; २. adv. क्रमशः वर्द्धित गतिसे, आगेकी ओर, अगाड़ी, और आगे, सामनेको।

onwards adv. आगे, आगेकी ओर।

onychia n. (चिकि०) नखलोप, अँगुल्याग्र-प्रदाह,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अँगुलीके अगले भागकी सूजन।

onychitis n. (चिकि०) नखकोप, नाखूनके चारों ओरके नरम भागोंकी सूजन।

onychomancy n. नख-शकुन, नखसे भविष्य-कथन।

onychophagist n. दाँतोंसे नाखून काटनेवाला।

onym n. पारिभाषिक शब्द।

onymous a. गुमनाम नहीं, नाम दिया हुआ।

onyx n. (निदान०) कनीनिकाके निम्नभागमें पड़ा हुआ धुन्धजाला; शेषमणि, गोमेदककी जातिका एक प्रकारका स्फटिक-प्रस्तर, संगसलीमा, सुलेमानी पत्थर (~ *marble*)।

oodles n. pl. आधिक्य, बहुलता, बहुतायत।

oof n. (ग्रा०) द्रव्य, धन, अर्थ, दौलत, रुपया-पैसा, रोकड़, नकद, सिक्का।

oofy a. धनिक, धनी, धन-सम्बन्धी, मालदार, दौलतमन्द।

oogamous a. (जीववि०) लिंगजन्यु, भिन्न अण्डोंका जोड़ा हुआ।

oogenesis n. अण्डजनन, अण्डेका विकास।

ooidal a. अण्डाकार।

oolite n. अण्डाश्म, दानेदार चूना-पत्थर; (भूगर्भ०) गठनवाली शिलीभूत चूनेकी चट्टानोंका क्रम या सिलसिला।

oolitic a. अण्डाश्मीय, चूनेके पत्थरका।

oologist n. अण्ड-विज्ञानी।

oology n. अण्ड-विज्ञान।

oolong n. एक काली किस्मकी चाय, ऊलॉङ्ग।

oom n. (द० अफ्री०) चाचा, काका।

oometer n. अण्डमान, अण्डा मापनेका यन्त्र।

oomph n. कामवासना, काम।

oont n. ऊँट।

oopak n. काली चीनी चाय।

oophorectomy n. अण्डाशय निकालना।

ooplasm n. अण्डरस।

ooplasmic a. अण्डरसीय (~ *material*)।

oorial n. उड़ियाल, (पहाड़ी बकरा)।

oosphere n. (जीववि०) अण्ड, अण्डगोल, (स्त्रियोंका) बाँझ रज।

oospore n. (वन०) अण्डबीजाणु, स्त्री और पुरुषके जीव-रजसे उत्पन्न जीव।

ooze[1] n. निकर्दम, क्षरत्पंक, मृदुमृत्तिका, कोमल चिपचिपा पंक, गीली मिट्टी, गाद, कीच, कीचड़; स्रव, स्राव, क्षरण, द्रव, धारा, मन्द बहाव, झराव, रसाव; बलातु इत्यादिके बक्कलका सत्त्व, चमड़ा शोधनेके कामका द्रव्य पदार्थ।

ooze[2] v.t. & i. (पदार्थका) पसीजकर आर्द्र होना; (आर्द्रताका) शरीरके सूक्ष्म रन्ध्रोंसे मन्द-मन्द स्रवित होना, मन्द-मन्द बहना, रसना; पसीजना, चूना; (आर्द्रता, सूचना, उत्साह) निःसृत करना; (ला०) चूना, टपकना, बह निकलना (*the secret ~d out*)।

ooziness n. स्रवता, स्यन्दनत्व, क्षरणत्व, टपकन, रसन, रसनेका गुण।

oozing n. स्यन्दन, क्षरण, स्रव, रसना।

oozy a. स्राववान्, क्षरणयुक्त, सद्रव, स्रावयुक्त, रसनेवाला।

opacity n. मन्दबुद्धिता, अर्थकी अस्पष्टता, समझकी अतीक्ष्णता, कम-अक्ली; पारान्धता, अपारदर्शिता, अपारदर्शकता, अभेद्यता अथवा (क्वचित्) प्रकाशाभेद्यता, किरण भेद्यता, निष्प्रभता, अस्वच्छता, कालुष्य, धूमिलता, धुँधलापन।

opah n. राजमत्स्य, चन्द्रमीन, एक प्रकारकी चमकदार दुर्लभ मछली।

opal n. उपल, रत्नोपल, रत्नोत्पल, रत्नकमल, दूधिया पत्थर, (एक प्रकारके सजल खनिज-पदार्थका विरूप एवं स्फटिक-प्रस्तरवत् रूप); (वाणि०) अर्द्धपारभासक शुभ्र-काच, अर्द्धपारभासक श्वेतकाच; क्षीरस्फटिक, दुग्धोत्पल, विमलक, दुग्धकमल, पुलक, सफेद दूधिया शीशा, पोलकी।

opalescence n. पुलकाभ, रत्नोत्पल-आभा, रत्नकमलाभा, उपलभासा, शुभ्र-प्रकाश, दुग्धकमल-द्युति, उपल-द्युति, क्षीरस्फटिकका इन्द्रधनुषवत् रंग-परिवर्तन।

oriole n. कांचन, हरिवर्ण सामान्य कांचन, एक प्रकारका काले और पीले पंखोंवाला पक्षी; इसी वर्गकी पुरानी दुनियाकी दूसरी चिड़ियाँ: अमरीकी सामान्य कांचन।
Orion n. (ज्योतिष) किरात; (ज्योतिष०) सप्तर्षि, मृगशीर्ष, नक्षत्र-पुंज-विशेष, राशिचक्रके दक्षिणमें स्थित उज्ज्वल तारक-पुंज; मृगशिरा नक्षत्र।
orismology n. वैज्ञानिक शब्दावली, वैज्ञानिक शब्द-विचार।
orison n. (प्रा०) स्तुति, उपासना, प्रार्थना, विनय।
Oriya n. ओडी भाषा, ओडिया, उड़ीसा-निवासी, उड़िया (भाषा या लोग)।
orle n. (ढालपर) किनारेसे भीतरका घेरा।
Orleans n. एक प्रकारका बटे सूतका कपड़ा।
orlop n. जहाजका सबसे नीचेका तल्ला।
ormer n. शुक्तायुक्त एक घोंघा।
ormolu n. सोनेका पानी चढ़ा हुआ कांसा; सुनहरे रंगका ताँबा, जस्ता और टीनसे मिलकर बना हुआ मिश्रण; इससे बनी हुई या सजायी हुई वस्तुएँ।
Ormuzd n. फारसके लोगोंका प्रमुख देवता; सृष्टि-देव, ब्रह्मा।
ornament[1]* n. अलंकार, भूषण*, आभूषण, विभूषण, शृंगार करने या सजानेकी वस्तु, गहना, जेवर* (*mantel-piece crowded with ~s*); भूषा, शोभा, शृंगार, सजावट; (*by way of* ~); कोई गुण अथवा व्यक्ति जिसका अस्तित्व या उपस्थिति शोभा या सम्मान-स्वरूप हो; शान, नाक (*was an ~ to his country or age*); पूजोपेक्षित वस्तु; गिरजेका साज-सामान; (केवल sing.) अलकृति, अलंकरण, अलंकृतता, अलंक्रिया, प्रसाधन, बनाव, बनावट (*a tower rich in ~*); (pl. संगीत) मनमोहक स्वर।
ornament[2] v.t. अलंकृत या भूषित करना, सुन्दरता बढ़ाना, सजाना; सोनेमें सुहागा मिलाना, चार चाँद लगाना।
ornamental a. आलंकारिक, भूषाकर, भूषक; शोभाकर, शोभाप्रद; ~ tree शोभावृक्ष, सजावटी पेड़; ~ berries, ~ tiles, ~ timber.
ornamentalism n. अलंकरण, भूषा, सुशोभन।
ornamentalist n. अलंकारवादी, सज्जक, सुशोभित करनेवाला।
ornamentation n. अलंकरण, विभूषण, मण्डन, सजावट, सजानेकी क्रिया।
ornate a. स्वलंकृत; श्रमालंकृत, अलंकारमय, अत्यन्त परिश्रमसे सजाया हुआ; (साहित्यिक शैली-सम्बन्धी) अलंकृत, विभूषित, कान्तिमान्; वाग्मिता या अत्युक्ति रूपी अलंकारोंसे सुसज्जित।
ornateness n. स्वलंकृतता, आलंकारिकता।
ornery a. दुर्वृत्त, नीच।
ornithic a. (जन्तु०) वैहंगिक, विहंग-सम्बन्धी, चिड़ियों-से सम्बन्धित।
ornithichnite n. विहंगपादावशेष, पक्षिपदचिह्न।
ornithocopros n. पक्षिविष्ठा, बीठ।
ornithoid a. विहंगावत्, पक्षिवत्, पक्षियोंके समान।
ornitholite n. पक्षिजीवाश्म।
ornithological a. खगविद्या-सम्बन्धी, पक्षिविज्ञान-सम्बन्धी।
ornithologist n. खगविद्याज्ञ, पक्षिविज्ञानी, पक्षि-शास्त्री।
ornithology n. खगविद्या, विहगशास्त्र, पक्षिविज्ञान।
ornithomancy n. पक्षिशकुन, पक्षियोंकी उड़ान द्वारा भविष्यवाणी।
ornithopter n. चलपक्ष-विमान, पक्षियान।
ornithorhyncus n. कारण्डचंचु, थूथुनवाला बतख, आस्ट्रेलियाका पक्षि-विशेष।
ornithoscopy n. (शकुन आदिके लिए) पक्षि-वीक्षा, पक्षियोंकी उड़ान तथा चालका निरीक्षण।
orographic, -cal aa. शैलाकारिक, शैलशास्त्रीय, पर्वतविज्ञान-सम्बन्धी।
orography, oreo- n. शैलाकारिकी, शैलशास्त्र, पर्वतविज्ञान।
or(e)ological a. शैलज्ञान-सम्बन्धी।
or(e)ologist n. शैलविद्, पर्वतोंका वैज्ञानिक अन्वेषक।
or(e)ology n. शैलज्ञान, पर्वतोंका वैज्ञानिक अन्वेषण।
oroide n. ताँबा, जस्ता तथा टीन मिश्रित एक धातु।
orotund a. प्रदर्शनपूर्ण, आडम्बरपूर्ण, विदग्धतापूर्ण, डींगसे भरा हुआ, बड़ा ऊँचा, लम्बा-चौड़ा, बढ़ाया-चढ़ाया हुआ, शानदार।
orotundity n. प्रदर्शनपूर्णता, आडम्बरपूर्णता, वैदग्ध्य-पूर्णता, प्रभावपूर्णता, दम्भ।
orphan १. n. & a. अनाथ, मातृहीन, पितृहीन, मातृ-पितृहीन, यतीम (बालक); २. v.t. अनाथ बनाना, मातृहीन कर देना, पितृहीन कर देना, मातृ-पितृविहीन कर देना, (मृत्युका बच्चेके) माँ-बापको छीन लेना, यतीम करना।
orphanage n. अनाथालय, यतीमखाना; अनाथता, अनाथावस्था, मातृहीनता, पितृहीनता, मातृ-पितृहीनता, यतीमी।
orphaned a. अनाथ, अनाथीकृत।
orphanhood n. अनाथता, मातृहीनता, पितृहीनता, मातृ पितृहीनता, यतीमी।
orphanize v.t. अनाथ करना, मातृ या पितृहीन कर देना, यतीम करना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

Orphic, Orphean aa. रहस्यपूर्ण, दैवी, आरफियस या उसके रहस्यों या सिद्धान्तोंसे सम्बन्धित; मनमोहक, मधुर, मनोहर, श्रुतिमधुर, सुरीला, मीठा, दिलकश, रसीला, (यूनानके गायक) आरफियसके संगीतके सदृश।

orphrey, orfray n. फीता, कढ़ाईके कामकी किनारी (विशे० पादरीके परिधानकी)।

orpiment n. हरताल, हरिताल, हरितालक, ताल, मैनफल (~ *yellow*)।

orpin(e) n. पद्मपुष्पा, एक रसदार बूटी।

Orpington n. मुर्गी आदि पालतू पक्षियोंकी एक नस्ल।

orrery n. (ज्यो०) सौरमण्डल-गतिसूचक यन्त्र-विशेष।

orris[1] n. शतपर्णिका, हैमवती, षड्गन्धा, उग्रगन्धा, श्वेत वचा, गोलोमी, वच, कनीनिका (~ *root, powder*)।

orris[2] n. सुनहला या रुपहला गोटा, जालीका काम, कशीदा या कलाबत्तू।

Orson n. उजड्ड बहादुर आदमी।

ort n. (बोल० एवं प्रा०; साधारणतः pl.) उच्छिष्ट अंश, अवशिष्ट अंश, निकृष्ट या रद्दी अंश, छाँटन, टुकड़ा, जूठन।

orthocentre n. लम्बकेन्द्र।

orthochromatic a. यथाच्छाय, यथावर्ण।

orthoclase n. (खनि०) ऋजुदलिज, सैकिज।

orthoclastic a. ऋजुदलीय, भाजितकोण।

orthodiagonal n. लम्बकोण, ऐसे कोण जिनकी चित्त पड़ी धुरीपर आड़ी धुरी समकोण बनाती है।

orthodontia n. दन्तार्जव, दाँतोंकी सिधाई।

orthodox a. धर्मनिष्ठ, धर्मपरायण, कट्टरपन्थी, पाखण्डहीन, शुद्धधार्मिक, कट्टर, सच्चा; मानसिक दास, दासमना, अमौलिक मस्तिष्कवाला; शास्त्रसम्मत, शास्त्रीय, परम्परागत, रीतिगत, प्रथागत; the O~ Church पूर्वी ईसाई सम्प्रदाय, कुस्तुन्तुनियाके उपधर्माध्यक्षका मत और गिरजा।

orthodoxness n. धर्मपरायणता, कट्टरता।

orthodoxy n. स्वधर्मनिष्ठता, धर्मपरायणता, रूढ़िनिष्ठता, परम्परानिष्ठता, कट्टरपन्थिता, कट्टरपन, सच्चाई; मानसिक दासत्व; शास्त्रसम्मतता, प्रथासम्मतता।

orthodromic a. जलमार्ग-सम्बन्धी।

orthodromy n. गोल-चक्करमें नाव चलानेका काम।

orthoepic a. शुद्धशब्दोच्चारण-विद्या-सम्बन्धी।

orthoepist n. शुद्धोच्चारण-विद्याज्ञ।

orthoepy n. शुद्धवर्ण-विन्यास (विद्या), शुद्धोच्चारण (विद्या)।

orthogenesis n. (जीववि०) ऋजुजनन, जीवादिकी एक विशेष दिशामें वृद्धि।

orthogenetic a. ऋजुजननीय, ऋजुजनन-सम्बन्धी।

orthogon n. समकोण, समचतुरस्र।

orthogonal a. लम्बकोणी, समकोणाकार; समकोणछिन्न; लम्बकोणी (~ *projection*); समकोणयुक्त अथवा समकोणका; ~ function स्वतन्त्र कार्य।

orthographer n. (इंजी०) सुविक्षेपोद्रेखक; शुद्ध लेखक, वर्णविन्यास-शास्त्री।

orthographic, -al aa. सुविक्षेपोद्रेक्षीय, वर्त्तनी-सम्बन्धी, वर्त्तनी विचार-सम्बन्धी, साक्षरी; शुद्धवर्णानुसार।

orthographist n. = ORTHOGRAPHER.

orthography n. सुविक्षेपोद्रेख; शुद्धवर्ण-विन्यास, शुद्ध परम्परागत वर्त्तनी, अच्छरौटी, इमला (*his ~ is shocking*); वर्णविन्यासशास्त्र, वर्णविचार, शुद्धताके प्रसंगमें उल्लिखित वर्त्तनी-विचार; आपेक्षिक आकार एवं दूरी-निर्देश-पूर्वक अंकित प्रकल्पना; प्रकल्पनायुक्त मानचित्र इत्यादि।

orthology n. शब्दप्रयोग, शब्द-विचार।

orthopaedic a. विरूपशोधक, विकृतांग-उपचारीय, विकलांग- (~ *surgery*)।

orthopaedics n. विरूपशोधन, विकृतांगोपचार, विकलांग-विचार।

orthopaedist n. शल्य-चिकित्सक, सर्जन।

orthopaedy n. कुरूपता अथवा विकलांगताका उपचार; विकृत अंगके उपचारके लिए किया हुआ शल्यकर्म।

orthopnoea n. ऋजुश्वासता, ऐसी अवस्था जिसमें केवल खड़ी स्थितिमें साँस लिया जा सके।

orthopterous a. ऋजुपक्ष, सिधपंखा, सीधे पंखोंवाला।

orthoptic[1] a. ऋजुवीक्ष्य, सीधा देखनेवाला।

orthoptic[2] n. ऋजुवीक्ष या बन्दूकमें लक्ष्यको देखनेके लिए लगा हुआ काँच।

orthorhombic a. ऋजुधुरीय (~ *pyramid*)।

orthoscope n. ऋजुवीक्ष।

orthoscopic a. ऋजुवीक्षिक, वास्तविक दृश्य दिखानेवाला (~ *lens*)।

orthotropic a. ऊर्ध्ववर्धी (~ *organ*)।

orthotropism n. ऊर्ध्ववर्धन, ऊर्ध्ववृद्धि, पृथ्वीकी आकर्षण-शक्तिकी ओर खिंचाव।

orthotropous a. ऊर्ध्ववर्धी, ऋजु, सरल, सीधा।

orthotropy n. = ORTHOTROPISM.

ortolan n. पीतकण्ठ, अबाबील जातिकी छोटी चिड़िया, स्वादिष्ट मांसवाला पक्षी-विशेष, बरगेल, बबेरी।

osborne n. एक प्रकारका मीठा बिस्कुट।

Oscan n. इटलीके आदिवासी और उनकी भाषा।

oscillate v.t. & i. अस्थिर या कम्पित होना, दो कार्यों, दशाओं, मतों इत्यादिके बीच (कभी एक ओर और कभी दूसरी ओर) डोलना, कभी कुछ कभी कुछ होना, घड़ी तोला घड़ी माशा होना, डाँवाडोल होना, जल्दी-जल्दी मिजाज बदलना; अशुद्ध क्रियाके फलस्वरूप विद्युच्चुम्बिक धाराएँ विकीर्ण करना; (विद्यु०, विद्युद्धारा-का) प्रदोलित होना, स्फुलिंग अन्तराल (स्पार्क गैप) अथवा कपाट-पारेषक (वाल्व-ट्रांसमीटर) के विद्युद्धारा मार्गसे बार-बार तेजीसे आना-जाना; दो स्थानोंके बीच इधर-से-उधर प्रदोलित करना या होना, झुलाना, झूलना, घड़ीके लंगरकी भाँति इधर-उधर हिलना, हिलाना, डुलाना, डोलना।

oscillated a. प्रदोलित, डाँवाडोल।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

oscillating a. प्रदोली, आन्दोलक, कम्पनशील, अस्थिर, घुमाऊ (~ *current, fan*); ~ current, ~ series, ~ wave.

oscillation n. प्रदोल, प्रदोलन, आन्दोलन, कम्पन, दोलन, स्पन्दन, तरंग, अस्थिरता, दोल, डुलाव, झुलाव; ~ number प्रदोलनांक।

oscillative a. प्रदोलनात्मक, आन्दोलनशील, कम्पनशील।

oscillator n. प्रदोलक, आन्दोलक, दोलक, (घड़ी इत्यादिका) लटकन।

oscillatory a. प्रदोलकीय, प्रदोली, दोलायमान, स्पन्दमान, थरथराता हुआ (~ *circuit*); झूलनेवाला, झूलनेका; ~ motion प्रदोलन-गति।

oscillograph n. (विद्युत्०) प्रदोललिख।

oscilloscope n. प्रदोलेक्ष, दोलनवीक्ष।

oscine a. गानेवाले पक्षियोंसे सम्बन्धित।

oscitancy n. जृम्मण, जम्हाई; तन्द्रा, निद्रालुता, शयन, ऊँघ; मूर्खता, मूढ़ता, जड़ता, बेवकूफी।

oscitant a. जृम्भमाण, तन्द्रालु, जम्हाई लेनेवाला, सुस्त, ऊँघनेवाला; मूर्ख, मूढ़, जड़, बेवकूफ।

oscitate v.t. जम्हाई लेना, ऊँघना।

oscitation n. जृम्भा, जम्भाई, जम्हाई, जमुहाई; तन्द्रा, सुस्ती।

osculant a. आश्लेषी, जुड़ा हुआ, सटा हुआ, बराबर।

oscular a. चुम्बनका (हास्य०); मुख-सम्बन्धी, मुखका; (ग०) आश्लेषक, चूमनेवाला; वक्ररेखा आदिको स्पर्श करनेवाला।

osculate v.t. & i. चुम्बन करना, चूमना; (ग०, वक्र अथवा तलका) उच्चतर-क्रमको स्पर्श करना, तीन या अधिक बिन्दुओंपर सन्निपतित होना; (प्रा० इति०, श्रेणी इत्यादिका) सदृश होना, श्रेणियों इत्यादिसे स्पष्ट या सम्बन्धित होना, किसी दूसरेके साथ परस्पर उभयनिष्ठ-गुण रखना।

osculating a. अधिस्पर्शी, आश्लिष्ट, सम्बद्ध, छूता हुआ (~ *curve*)।

osculation n. आश्लिष्टता, स्पृष्टता, अधिस्पर्श, सम्बद्धता; सादृश्य, समता; चुम्बन, प्यार, चुम्मा।

osculatory a. अधिस्पर्शी, आश्लेषमान्, स्पर्शमान् (~ *curve*); चूमनेवाला; उभयनिष्ठ गुण रखनेवाला।

oscule n. रन्ध्र, छिद्र, छेद।

osier n. प्रनत्रा, बेंतकी एक जाति, (उस बेंतकी टहनी); (गुण०) ओसिर, बेंतसे बना हुआ।

osiered a. (झाड़ियोंकी भाँति) प्रणमित, आवृत, आच्छादित, कुंजित, ढका हुआ, मुड़ा हुआ।

Osmanli a. तुर्की साम्राज्यसे सम्बन्धित।

osmic a. (रसा०) गुर्विक, आस्मियम धातु-सम्बन्धी।

osmious a. (रसा०) गुरुधातु-सम्बन्धी, भारी।

osmium n. गुर्वातु, गुरुधातु एक भूरे रंगकी धातु, सबसे अधिक भारी पदार्थ।

osmometer n. (रसा०) आस्रुतिमान, तरल पदार्थोंके दबावको नापनेवाला यन्त्र।

osmose, osmosis nn. (भौतिक०) रसाकर्षण, आस्रुति, आसारण (की प्रवणता); रन्ध्री पट्टी द्वारा तरल पदार्थोंका छनकर प्रवेश तथा अन्तर्मिश्रण।

osmotic a. रसाकर्षण-, आस्रुतीय, आस्रुतिपूर्ण, आसारण-प्रवण; आसारण-सम्बन्धी; ~ force, ~ pressure, ~ resistance, ~ water.

osmund n. आसमन, एक प्रकारकी पुष्पयुक्त घास (पर्णांग) या फर्न।

osphresiology n. गन्धविज्ञान।

osprey n. (pl. *-s*) एक प्रकारके बगलेका पंख; उत्क्रोश, कुरर, कुररी, मत्स्यकुरर, मत्स्यभक्षी उकाब, मछलियाँ मारनेवाला वृहद् पक्षी, समुद्री उकाब, समुन्दरी बाज।

ossein n. (जीववि०) अस्थिकि, हड्डियोंका प्रांगरिक आधार।

osselet n. अस्थिपिण्ड, (घोड़ोंके) घुटनोंके अन्दरकी ओर पैदा होनेवाला कड़ा भाग।

osseous a. प्रचुर-शिलीभूत, कंकालास्थियुक्त, प्रचुर रूपमें शिलीभूत कंकालोंकी अस्थियोंसे युक्त, हड्डियोंसे भरा; अस्थिनिर्मित, अस्थिवत्, अस्थिमय, अस्थि-सदृश, अस्थिसात्कृत, हड्डियोंवाला, हड्डीकी तरह, हड्डीका, हड्डीसा, अस्थिवत् ठठरी या ढाँचेसे युक्त (~ *and cartilaginous fishes*)।

ossicle n. (श० र० शा०) अस्थिका, अस्थिक, छोटी हड्डी; कर्णास्थि, कनहड्डी; पशुओंके शरीरकी गठन या ढाँचेमें अस्थिनिर्मित अथवा चूर्णिक पदार्थका पिण्ड या खण्ड।

ossiferous a. अस्थिजन, अस्थिवान्, अस्थिमय।

ossific a. अस्थिमय।

ossification n. अस्थीकरण, अस्थीयन, अस्थिनिर्माण, अस्थिकृति, हड्डीमें परिणत करने या होनेकी क्रिया, हड्डी बनना।

ossifrage n. = OSPREY.

ossify v.t. & i. अस्थीकरण करना, अस्थीभूत करना, अस्थिमें परिवर्तित करना, कठोर या विकासरहित बनाना या होना, हड्डी बनाना या बनना।

ossivorous a. अस्थिभक्षी, अस्थिवृत्ति, हड्डियोंपर जीनेवाला, हाड़चर।

ossuary n. प्राचीनास्थि-गुहा, वह गुफा जिसमें प्राचीन अस्थियाँ पायी जाती हैं; शवास्थिपात्र, शवास्थिशाला, अस्थि-स्थान, अस्थिपात्र, अस्थिधानी, हड़वार, मृतकोंकी अस्थियाँ रखनेका स्थान।

osteal a. आस्थिक, अस्थि-सम्बन्धी।

osteitis n. (चिकि०) अस्थिकोप, हड्डीकी बीमारी।

ostensibility n. दृश्यता, दर्शनार्थता, प्रदर्शनपूर्णता, आडम्बरपूर्णता, पाखण्डपूर्णता, दम्भपूर्णता, दिखावा।

ostensible a. दृश्य, दर्शनार्थ, आभासी, प्रदर्शनपूर्ण, आडम्बरपूर्ण, पाखण्डपूर्ण, दम्भपूर्ण, दर्शनी, बनावटी, दिखावटी, दिखावेका, ढकोसलेका; व्यक्त, प्रकट, अगूढ़,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

प्रत्यक्ष, खुला (*his ~ errand was to* —); ~ agency, ~ means, ~ owner, ~ partner.

ostensive a. प्रदर्शनात्मक, आडम्बरात्मक, दम्भयुक्त, बनावटी, दिखावटी।

ostensory n. (ईसाई मन्दिरमें) प्रसाद-पात्र।

ostent n. रूप, प्रकार।

ostentation n. आत्मश्लाघा, आत्मप्रदर्शन, दम्भ; आडम्बरपूर्ण प्रदर्शन, दिखावा, ठाठ, तड़क-भड़क, तूमतड़ाक, टीमटाम, नुमाइश, दिखावट।

ostentatious a. आत्मश्लाघी, दम्भशील, दाम्भिक; आडम्बरपूर्ण, आडम्बरप्रिय, दिखावटी, भड़कीला, बाँका, भड़कदार, तूमतड़ाकका, नुमायशी।

ostentatiousness n. आत्मश्लाघा, दम्भशीलता, दाम्भिकता, आडम्बरपूर्णता, दिखावटीपन।

osteoarthritis n. अस्थि-सन्धि-शोथ, जोड़ोंके आस-पासकी हड्डी की सूजन।

osteoblast n. (जन्तुवि०) अस्थिनिर्माता, हड्डी बनाने-वाला तत्त्व।

osteoclasis n. अस्थिच्छेदन, अस्थिभंग, टेढ़ापन ठीक करनेके लिए हड्डी तोड़ना।

osteocolla n. अस्थि-संयोजक, हड्डियोंको जोड़नेवाला चिपचिपा पदार्थ-विशेष।

osteocope n. अस्थि-कोप, हड्डियोंका दर्द।

osteogenesis n. = OSSIFICATION.

osteography n. अस्थि-वर्णना, हड्डियोंका वर्णन।

osteoid a. अस्थ्याभ, अस्थ्याकार, अस्थिवत्, अस्थिरूप।

osteological a. आस्थिकीय, अस्थिविज्ञान-सम्बन्धी।

osteologist n. अस्थिकीविद्, अस्थिविज्ञानी।

osteology n. आस्थिकी, अस्थिविज्ञान, अस्थितत्त्व, अस्थिवर्णन; (श०र०शा०) अस्थिका या पशुओंकी अस्थिमय गठन या बनावटका विवेचन।

osteoma n. अस्थ्यर्बुद।

osteomalacia n. (चिकि०) अस्थिमृदुता, (विटामिन डीकी कमीसे) हड्डियोंका नरम पड़ जाना।

osteometry n. अस्थिमिति।

osteopath n. अस्थिचिकित्सक।

osteopathic a. अस्थिचिकित्सा-सम्बन्धी।

osteopathist n. अस्थिचिकित्सक, हड्डियाँ जोड़ने या बैठानेवाला।

osteopathy n. अस्थिचिकित्सा, अस्थियोंकी शल्य-क्रिया।

osteotomy n. (ठीक करनेके लिए) अस्थि-छेदन, हड्डी काटना।

ostiolar a. द्वार-विषयक, द्वारक-सम्बन्धी; रन्ध्रक-विषयक, रन्ध्र-सम्बन्धी।

ostiolate a. (जन्तुवि०) रन्ध्रकी, छिद्रिल।

ostiole n. (वन०) द्वार, द्वारक; (जन्तु०) रन्ध्रक।

ostitis n. अस्थि-कोप, हड्डीकी सूजन।

ostler n. सरायका साईस।

Ostmen n. pl. आयर्लैण्डमें बसनेवाले डेनमार्कवासी।

ostosis n. = OSSIFICATION.

ostracean n. शुक्तावत्, सीपकी प्रकृतिका।

ostracism n. समाज-च्युति; विवासन, निर्वासन, देश-निष्कासन, देश-निकाला।

ostracize v.t. समाज-च्युत करना, गतिच्युत करना, अनुकूल दृष्टि अथवा सामान्य सुविधाओंसे बहिष्कृत या वंचित करना; देशसे निष्कासित या निर्वासित करना, देशनिकाला देना; (प्राचीन यूनानमें) देश-निर्वासनके लिए ठीकरेपर लिखकर लोकमत द्वारा निर्वासित करना।

ostracon n. (प्रा० ग्रीस, देशनिकालेका) आदेश-पत्र या आदेश-पट्ट।

ostracum n. मध्यकवच।

ostreiculture n. शुक्त-कृषि, सीपियोंका पालना।

ostrich n. उष्ट्रपक्षी, बड़े आकारका एक तेज दौड़नेवाला अफ्रीकी तथा अरबी पक्षी, शुतुरमुर्ग (*has the digestion of an ~*); ~-farm उष्ट्रपक्षी-क्षेत्र, उष्ट्रपक्षी-प्रसावन-क्षेत्र, उष्ट्रपक्षियोंके प्रसावनका स्थान; ~ policy, belief आत्मप्रवंचक नीति; आत्मप्रवंचना।

otalgia n. कर्णपीड़ा, कानका दर्द।

other* १. n. or pron. इतर*, पर, अन्यतर, कोई अन्य, दूसरा*, भिन्न या दूसरा कोई व्यक्ति, दूसरी वस्तु, प्रादर्श (नमूना) इत्यादि (*one or ~ of us will be there*); २. a. पृथक्, अतिरिक्त, अन्य, भिन्न, विभिन्न, और, दूसरा, वैकल्पिक अथवा अपर (*we have ~ evidence*); एकमात्र शेष; प्रत्येक द्वितीय या हर दूसरा; व्यतिरिक्त, इतर, अलग, जुदा (*have no ~ place to go to*); ३. adv. अन्यथा, अन्य प्रकारसे, पृथक् रीतिसे, अन्य बातोंमें; every ~ प्रत्येकान्तर, प्रत्येकान्तरिक, एक छोड़कर, हर अँतरा; every ~ day एक दिन छोड़कर; ~guess सर्वथा भिन्न प्रकारका (प्रा० तश्रा बोल०); ~ than के अतिरिक्त, को छोड़कर; ~whence अन्यत्रसे, कहीं औरसे; ~where(s) अन्यत्र, कहीं और (का०); ~while(s) अन्य समयों-पर, कभी और, फिर कभी; ~ worldly पारलौकिक, परलोक-सम्बन्धी; the ~-world परलोक; *it was none ~ than Jones* वह जोन्सके अतिरिक्त और कोई न था; *on the ~ hand* दूसरे पक्षमें, दूसरी ओर, दूसरी तरफ; *someone or ~* कोई अनिश्चित या अज्ञात व्यक्ति; *sometime or ~* किसी समय, किसी दिन; *the ~ day* कुछ दिन पहले या पीछे।

otherness n. इतर वस्तु, इतर अवस्था या वस्तु (अर्थात् जिसका उल्लेख न हुआ हो अथवा जो विचाराधीन न हो); (क्वचित्) अन्यत्व, अन्यता, इतरत्व, पृथक्त्व, भिन्नता, भेद, अन्तर।

otherwise adv. अन्यथा, यदि परिस्थितियाँ भिन्न हुईं तो, नहीं तो, वरना, अथवा, या (*seize the chance, ~ you will regret it*); अन्य प्रकारसे, और तरह (*could not have acted ~*); अन्य अर्थोंमें, दूसरे मानोंमें (*he is unruly, but not ~ blame-*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

worthy); विभिन्न दशामें (*how can it be ~ than fatal ?*); ~-minded अन्य विचारोंका; *and ~, or ~* और, अथवा, इसका उलट (जैसे, *(the merits or ~ of the Bill)*।

other-worldliness n. पारलौकिकता, असांसारिकता, अपार्थिवता।

otic a. कर्ण-, कर्ण-सम्बन्धी।

otiose a. अव्यावहारिक, बेकार; अनिच्छित, अनपेक्षित; अवकाश-प्राप्त, कार्यमुक्त; व्यर्थ, निरर्थक, निष्फल, असार, तुच्छ (क्वचित्); आलसी, सुस्त, खाली, काहिल, बेकार (क्वचित्)।

otitis n. (चिकि०) कर्णकोप, कर्णार्ति।

otocyst n. (जीववि०) उपलकोष्ठ; कर्णकोष्ठ।

otolith n. (जीववि०) कर्णाश्म, कर्णास्थि, कर्णवालुका, कानकी हड्डी।

otologist n. श्रोत्रविज्ञानी, वर्णविज्ञानी।

otology n. श्रोत्रविज्ञान, कर्ण-विज्ञान, कर्ण-विद्या।

otorrhoea n. (चिकि०) कर्णस्राव, कान बहना।

otoscope n. कर्ण-परीक्षक यन्त्र, कर्णवीक्ष।

otter n. उद्र, जलविडाल, जलमार्जार, ऊदबिलाव, मछलियाँ खानेवाला लोमश स्तनपायी जलीय जन्तु-विशेष; उद्रका लोम या समूर; मछलियाँ मारनेके सामान; ~-dog, -hound ऊदबिलावके शिकारका कुत्ता; ~ shrew उद्रछुछुन्दर; ~-spear शिकारी भाला।

otto n. इत्र (*~ of roses*)।

Ottoman[1] १. n. तुर्की व्यक्ति, तुर्क; आथमन प्रथमके वंश या साम्राज्यका व्यक्ति; २. a. तुर्क-सम्बन्धी, तुर्की; आथमन प्रथमके वंशका, उसके वंशज या सन्तानका अथवा उसकी नस्लका।

ottoman[2] n. बिना पीठ या बाँहोंवाली गद्देदार चौकी।

ouabain n. (रसा०) इषुगरि, एक विषैला क्षार-द्रव्य।

oubliette n. गुप्त बन्दीगृह, गुप्त गुफा, चोर कोठरी (जिसमे प्रवेश केवल चोर-दरवाजेस हो)।

ouch[1] n. नगीनेके लिए छिद्र, ठिया, नगके जड़ावका घर; (प्रा०) जड़ाव बक्स।

ouch[2] int. ओह, हाय !

ought[1] n. (प्रा०) शून्य, शून्यकी द्योतक संख्या, कुछ वस्तु, बिन्दी, सिफर।

ought[2] v. aux. उचित है, चाहिये (*we ~ to love our neighbours*)।

ouija n. लिपि-पट्ट, लेख-फलक, दैवी आदेश-फलक, ईश्वरीय संकेत; लिखा हुआ तख्ता।

ounce[1] n. शुक्तिका; पणार्ध, औंस = २॥ तोला, तौलकी एक इकाई (ला० भी, *an ~ of practice* etc. *is worth a pound of theory*)।

ounce[2] n. (जन्तुवि०) पहाड़ी मादा चीता अथवा तेन्दुआ, हिमप्रदेशीय चीता; (का० इत्यादि) बनबिलाव अथवा मध्यम आकारयुक्त विडालजातीय पशु-विशेष, सियाह गोह या उसी किस्मका कोई और जानवर।

our a. हमारा, हमलोगोंसे सम्बन्धित या हमलोगोंका (*is in ~ midst*); O~ Father जगत् पिता, ईश्वर; O~ Lady (ईसाइयोंकी) कुमारी मेरी, मरियम अजरा; O~ Lady's hair कन्याकेशी (घास)।

ouroscopy n. URINE के लिए प्राचीन शब्द।

ours १. pred. a. हमारा, हमलोगोंसे सम्बन्धित, हमलोगोंका (*became ~ by purchase*); २. pron. हमलोगोंसे सम्बन्धित व्यक्ति या वस्तु(का) (*~ is a large family*); हमलोगोंका संघटित दल या सैन्यदल (*Jones of ~; look at this garden of ~* हमारे इस बागको देखो)।

ourself pron. स्वतः, स्वयं हम या हमको (*we ~ves will see to it*) (WE के साथ प्रयुक्त) अपने आप (को) (*we shall only harm, do harm, to ~ves*)।

oust v.t. अपसारण करना, बहिष्कृत करना, निर्वासित करना, अधिकारमुक्त करना, वंचित या रहित करना, निकाल देना, छीन लेना, बेदखल करना, हटा देना, उठा देना, खारिज कर देना; अपना अधिकार जमाना, निकाल बाहर करना।

ouster n. (कानून) अपसारण, अपसृति, सम्पत्तिहरण, बेदखली, निकालना, इखराज, निकाल बाहर करना।

out* १. n. (The ~s) अपदस्थ दल, सत्तामुक्त दल; (pl.) त्रुटियाँ, गलतियाँ ⊙; (pl.) भूल, चूक ⊙; खुला मैदान; २. v.t. (प्रा० अथवा बोल०) अपसृत करना, बलपूर्वक बेदखल करना, बाहर करना, हटा देना, उठा देना; (मुष्टि-युद्ध) घूँसेका प्रहार; ३. a. बाहर मैदानका (*an ~ match*); असाधारण (*~ size*), बाहर*; अनावृत्त, उद्भूत, उद्घाटित, प्रकाशित, दृष्टिगत, ज्ञापित, कर्णगत, स्पष्ट; ४. adv. विदेशमें, बाहरकी दिशामें, किसी स्थान, उचित या सामान्य दिशा, फैशन इत्यादिसे परे या अनुपस्थित या रहित, दूर, पृथक्, बाहर, अलग, खारिज (*keep him ~*); सुननेमें, देखनेमें, प्रकाशमें, खुलेमें, जाहिर (*is the best game ~*); सम्पूर्णतः, पूर्णरूपेण, चरम सीमातक, पूरी तरहसे, हदभर, जीभरके, दिल खोलके (*she had her cry ~*); ५. int. (प्रा०) भर्त्सना, घृणा इत्यादिका सूचक (*O~ upon you !*); दूर हो, चल हट इत्यादि; ~-of-date गतकाल, अप्रचलित, पुराना; ~-of-the-way मार्गसे दूर (*~ place*); *all ~* एक तरफके सब खिलाड़ी आउट हो गये; (प्रा०) जी तोड़कर; *arm is ~* बाजू उखड़ गया है; *batsman is ~* (क्रिकेट) खेलनेवाला आउट हो गया, हट गया; *book, rose, chicken, secret, girl, is ~* पुस्तक प्रकाशित हो गयी, गुलाब खिल गया, अण्डेसे बच्चा निकल आया, रहस्य खुल गया, लड़की समाजमें अब आने-जाने लगी; *candle is ~* मोमबत्ती बुझ गयी; *bracelets are ~* बाजूबन्दोंका फैशन नहीं रहा; *fire is ~* आग बुझ गयी या ठण्डी हो गयी; *he is ~* वह घरपर नहीं है; *miners are ~* खान

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

खोदनेवालोंने हड़ताल कर दी है; ~ *and about* बाहर जाने योग्य, घरसे निकलने तथा कुछ करने लायक; ~ *and away* कहीं अधिक, बहुत आगे; ~, *not* ~ क्रिकेटके खेलमें निर्णायक द्वारा बल्लेबाजके पक्ष या विपक्षमें आउट है या नहीं; ~ *of* (किसी वस्तु या स्थानके) अन्दरसे, मेंसे, बाहर, भीतरसे, से (*happened* ~ *of England*); (किसी समूह, ढेर इत्यादि) मेंसे; (किसी सीमासे) दूर, बाहर, परे (*is* ~ *of sight*); के कारण, के कारणवश, के फलस्वरूप, निमित्तसे (*asked* ~ *of curiosity*); (नगर इत्यादिसे) एक निश्चित दूरीपर (*is seven miles* ~ *of Liverpool*); नियमविरुद्ध, नियमके प्रतिकूल, अशुद्ध (*is* ~ *of drawing*); ~ *of it* खिन्न, दुःखी, उदास, उचाट, उखड़ा-उखड़ा; धोखेमें, गलतीपर, गलतफहमीमें पड़ा हुआ; अकेला, तनहा; जनसमूह, फौज इत्यादिसे बाहर; ~ *of due course* क्रमसे बाहर; ~ *of income* आयमेंसे; ~ *of order* नियमबाह्य; ~ *to*⊙ =TO; ~ *to dinner*⊙ डिनरमें; ~ *with* शत्रुता होना, मित्रताका सम्बन्ध न रहना; ~ *with him* निकालो उसको; *Tories are* ~ अनुदार दलवाले (टोरी) अब सत्ताधारी नहीं हैं; *was* ~ *in my calculations* मेरी गणना या हिसाबसे गलत था।

outact १. n. अतिकर्म; २. v.t. अति करना, हदसे बढ़ना।

outage n. अव्यवहार; (बिजलीका) अनुपयोग-काल।

out-agency n. बाह्याभिकरण, आउट-एजन्सी।

outagent n. बाह्याभिकर्ता, बाहरी एजण्ट।

out-and-out a. सम्पूर्ण, पूरा; नितान्त, बिलकुल।

out-and-outer n. परिपक्व (अपने विचार इत्यादिमें); अतिवादी।

out-ask v.t. (गिरजेमें) विवाहकी निश्चित घोषणा करना।

outback १. n. अधिक दूरस्थ उपनिवेश; २. a. अधिक दूरस्थ उपनिवेशोंका; ३. adv. पिछवाड़े।

outbalance v.t. मूल्य अधिक होना, महत्त्व या तौलमें गुरुतर होना, भारी होना, बढ़ जाना।

outbargain v.t. व्यवसायमें लाभ उठाना।

outbid v.t. (अत्युक्ति या घटना-वर्णनमें दूसरेके) कान कतरना; दूसरोंसे अधिक देनेका वचन देना, नीलाममें किसीसे बढ़कर बोली बोलना।

outbidder n. अतिक्रोष्टा, बढ़कर बोली देनेवाला।

outbluster v.t. अतिश्लाघा करना, डींग मारनेमें मात करना, शेखी बघारना।

outboard a. & adv. (नौवि०) जहाजके बाहरी किनारोंपर; जहाजके बाहरी किनारोंकी ओर, किसी अन्य वस्तुकी अपेक्षा जहाजके बाहरी किनारोंसे निकटतर; (अग्निबोट) जिसमें चालकयन्त्र और इंजन बोटके बाहर संलग्न हों।

outbound a. बाहर जानेवाला।

outbrag v.t. आत्मश्लाघा करनेमें मात कर देना, डींग मारनेमें हद कर देना।

outbrave v.t. अवज्ञा करना, अपमानित करना, तुच्छ समझना, खातिरमें न लाना, जेर करना; दबाना, धमकाना, डपटना; निर्भयतापूर्वक सामना करना, खुलेआम विरोध करना।

outbreak n. उद्भेद, भावनाओंका आवेग, आकस्मिक उद्गार या प्रादुर्भाव; शत्रुभाव, युद्धका उद्भेद या प्रारम्भ, सहसोद्भेद, युद्धारम्भ, आरम्भ (~ *of war*); विप्लव, विद्रोह, उत्पात, हंगामा, फसाद, बलवा, गदर; आस्फोट, ज्वालामुखीका विस्फोट, (धातुकी पर्त इत्यादिका) उदय, धरातलपर उभर या निकल आनेकी क्रिया; रोगका आक्रमण या उभार (~ *report*)।

outbreaker n. प्रान्ताघातिनी तरंग, तटाघातिनी-लहर, किनारेपर टकरानेवाली लहर।

outbreaking n. उद्भेद, विद्रोह, विप्लव, विस्फोट।

outbreathe v.t. साँस बाहर निकालना, बेदम करना।

outbreeding n. विजाति-मैथुन, विजातीय संकरण, बहिःप्रसवन।

outbuilding⊙ n. बाह्य भवन; भृत्यालय, भृत्यगृह, भृत्यशाला, सेवकगृह, नौकरों-चाकरोंके रहनेका स्थान, सागरपेशा।

outburn v.t. तीव्रतासे जलना।

outburst n. भावावेग, भावनाओंका उद्वेग, सहसोद्भेद; ज्वालामुखीका स्फोटन, धमाका; (धातुकी पर्तकी धरातल-पर) उभर आनेकी क्रिया।

outby(e) a. बाह्य, बहिर्वर्ती, बहिर्गत, बाहरी।

outcast a. निष्कासित, बहिष्कृत, पतित, अधम, भ्रष्ट, बेकार, निकम्मा।

outcaste १. n. & a. जातिबाह्य, जातिभ्रष्ट, चाण्डाल, जातिच्युत; समाजरहित, गृहहीन, गृहवंचित; मित्रहीन, बेयारमददगार; आवारा, फजूल घूमनेवाला (व्यक्ति); २. v.t. जातिच्युत करना, बिरादरसे निकालना।

outclass v.t. उत्कृष्टतर प्रकारका होना, उच्चतरवर्गका होना, दर्जेमें बढ़ जाना।

outcollege a. बहिर्विद्यालयी, विद्यालयके छात्रावासमें न रहनेवाला, विद्यालयमें न पढ़नेवाला।

outcome n. आगम, निष्कर्ष, परिणाम, फल, नतीजा।

outcrop १. n. पृथ्वीकी सतहसे धातुकी पर्तका आकस्मिक आविर्भाव, उद्गम, तलागम; अकस्मात् आविर्भूत अथवा उभरी हुई वस्तु या पर्त; २. v. i. उद्गत होना, फूट निकलना।

outcropped a. उद्गत, तलागत, अंकुरित, फूटा हुआ।

outcry n. आक्रन्दन, उत्क्रोश, आर्त्तनाद, चीत्कार, कलकल, उद्घोष, कोलाहल, हाहाकार, गुल-गपाड़ा; दुहाई, गुहार, शोरगुल।

outdance v.t. अतिनृत्य करना, नाच-नाचकर हद कर देना।

outdare v.t. साहसमें सबको मात कर देना।

outdate v.t. पुराना कर देना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS.

outdated a. पुराना, पिछड़ा हुआ।

outdistance v.t. (दूसरेसे) बहुत दूर निकल जाना, बहुत आगे बढ़ जाना, बहुत पीछे छोड़ देना।

outdo v.t. (दूसरेसे) आगे निकल जाना, बढ़ जाना; दाँत खट्टे करना, छक्के छुड़ाना, कान काटना, मात करना।

outdoor a. बाह्य, बहिःप्रदेशीय, घरके बाहर खुले मैदानमें व्यवहृत या स्थित, बाहरी, बाहरका, मैदानी, खुला, निघरा; ~ patient बहिरंग रोगी, बहिर्वासी रोगी;

~ agitation, ~ department, ~ game, ~ life, ~ register, ~ staff, ~ ticket, ~ treatment, ~ work.

outdoors adv. घरद्वारके बाहर, दरवाजेके बाहर।

outdure v.t. = OUTLAST.

outdwell v.t. अधिक देरतक रहना या ठहरना।

outer १. n. (चाँदमारीमें कपड़ेसे मढ़े चौखटे इत्यादिपर बने हुए गोल निशानके) बाहरका वृत्त; गोलेपर लगा हुआ निशाना; २. a. बाह्य, बाह्यवस्तु-विषयक; अनाध्यात्मिक, अनात्म, अशारीरिक, अमानसिक; वास्तविक, अथवा अन्तर्भागसे दूर स्थित, अपेक्षाकृत बाहर, बहुत दूर स्थित, बाहरी, बाहरका, बाहरवाला; the ~ man किसी व्यक्तिकी आकृति, वस्त्र, वेष-भूषा, गठन, बनावट, लिबास; the ~ world अपने क्षेत्रसे बाहरका समाज; बाहरी दुनिया, बाहरी जगत्;

~ border, ~ boundary, ~ case, ~ cover, ~ foil, ~ hill, ~ layer, ~ parapet, ~ signal, ~ skin, ~ wood.

outermost a. नितान्त बाह्य, बाह्यतम, सबसे बाहरका *(~ layer)*।

outface v.t. डटकर सामना करना, मुकाबला करना, हराना; कड़ी दृष्टिसे देखकर हतप्रभ कर देना, निगाह मिलाकर चेहरा फक कर देना, घुड़ककर बदहवास कर देना।

outfall n. अवमुख, नदीका मुहाना, निकास, (नदियों इत्यादिसे निकले हुए) नाले, नहर आदि।

outfield n. (क्रिकेट) मैदानका वह भाग जो विकेटसे दूर हो, परेका मैदान; खेतसे अलग पड़ी हुई जमीन, दूरका खेत।

outfight v.t. (दूसरेकी अपेक्षा) अधिक कुशलतासे लड़ना, अधिक देरतक लड़ते रहना, लड़नेमें मात करना।

outfit १. n. उपस्कर, सम्भार, परिधान, सम्पूर्ण उपकरण-सामग्री *(~ allowance)*; सज्जा, साज-सामान; व्यक्तियोंका समूह (जो अपने आपमें एक इकाई समझा जाता है⊙); २. v.t. सामग्री सजाना, वस्त्र सजाना, सामग्रीका आदाय या पूर्ति करना; साज-सामान बेचना।

outfitter n. उपस्कर, सम्भारप्रदायक, उपकरण-प्रदाता, सामग्रीका आदायकर्त्ता; साज-सामान बेचना।

outflank v.t. चारों ओर पार्श्वमें घेरना, पीछेसे वार करना; (किसीसे) अधिक सुविधा प्राप्त करना; परे बहना।

outfling n. मुँहतोड़ उत्तर।

outflow n. उपरिस्राव, उपरिस्रवन, उत्प्रवाह, निःसरण, निर्गम, बहिर्वाह, बहाव, निकास।

outfly v.t. (किसीकी अपेक्षा) अच्छे ढंगसे उड़ना, बढ़ना, उड़नेमें मात कर देना।

outfool v.t. मूर्खतामें बढ़ना या मात करना।

outfoot v.t. = OUTSTRIP.

outfor adv. ⊙अन्तमें, बादमें।

outgas v.t. निर्वातीयित करना, गैस निकालना।

outgate n. बाहर जानेका मार्ग।

outgaze v. i. अधिक दूरतक देखना।

outgeneral v.t. सेनापतित्वमें मात करना, सेनापतित्वके कारण (शत्रु-सेनाको) पराजित कर देना।

outgive v.t. दानमें बढ़ जाना।

outgiving⊙ n. उद्घोषणा, घोषणा।

outgo n. & v.t. (अन्यकी अपेक्षा) अधिक तेजीसे जाना, (ला०) आगे बढ़ जाना, पीछे छोड़ जाना, बाजी ले जाना, मात करना।

outgoing n. & a. निर्गामी, बहिर्गामी, पदमुक्त, जानेवाला *(~ member)*; (अन्यसे) बढ़ जाने या बाजी मार ले जानेकी क्रिया; बहिर्गामि(-धन); अपचय, क्षय, व्यय, खर्च; (pl.) चरमसीमा, अन्तिम सीमा।

outgrow v.t. जल्दी बढ़ना, सीमासे परे निकल जाना, हदसे बढ़ जाना, अधिक लम्बा हो जाना; बालसुलभ रुचियों या आदतों इत्यादिसे बढ़ती हुई अवस्थाके साथ छूटते जाना; इतना बढ़ जाना कि कपड़े न अँटें।

outgrowth n. परिणाम, नतीजा; उत्पादन, पैदावार; प्रशाखा; उद्वृद्धि, प्ररोह, उद्वर्ध, उद्वर्धन, बढ़ाव।

outguard n. (कुछ दूरपर) रक्षक सैन्यवर्ग।

out-Herod v.t. (हैरडसे भी) अनौचित्यमें बढ़ जाना, मर्यादाका उल्लंघन करना, हद कर देना।

outhouse n. भृत्यशाला, उपगृह, बहिर्गृह, नौकरों-चाकरोंके रहनेका मकान, शागिर्दपेशेका मकान।

outing n. प्रमोद-भ्रमण, मनबहलावके लिए भ्रमण, छुट्टीके दिन घरसे बाहरकी सैर, छोटी-सी सैर।

outjet, outjut nn. = PROJECTION.

outjockey v.t. धोखा देना, चरका देना।

outland a. & n. खेतके बाहरकी (भूमि)।

outlander n. विदेशी, परदेशी मनुष्य।

outlandish a. अपरिचित, विजातीय, विदेशी, बाहरी, विदेश या विदेशी भाषाका-सा; अनोखा; ग्राम्य, अशिष्ट, गँवारू, भदेसला।

outlast v.t. (अन्यकी अपेक्षा) अधिक समयतक उपयोगमें आना या चलना, अधिक समयतक ठहरना या टिकना *(will not ~ six months)*।

outlaw १. n. न्यायबाह्य, उद्वैध, कानूनके लाभसे बहिष्कृत व्यक्ति; २. v.t. उद्वैध बनाना, न्यायबाह्य करना।

outlawry n. उद्वैधीकरण, कानूनसे बहिष्कृत करनेका कार्य।

outlay n. उद्व्यय, परिव्यय, अपचय, विनियोग, व्यय,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

लागत, खर्च; प्रारूप, खाका।

outleap v.t. परे कूदना, अधिक दूरतक कूदना।

outlet n. निष्क्रम, निकास, निर्गम-मार्ग, निर्गम-स्थान, मुख, द्वार, मोरी, मुहाना, बाहर निकलने या बचनेका साधन; ~ channel निष्क्रामी कुल्या, मोरी।

outlie[1] v.t. झूठ बोलनेमें बढ़ जाना।

outlie[2] v. i. पड़े रहना, परे रहना, दूर रहना।

outlier n. बाहरी भाग या आदमी; किसी वस्तुका बाहरी भाग; (भूगर्भ०) बहिष्क, विच्छिन्न स्तूप, पहाड़का निकला हुआ हिस्सा; बहिश्शायी, बाहर रहनेवाला किनारा।

outline १. n. स्थूल रूप, रूप-रेखा, बहिःरेखा, हलका खाका; संक्षेप, सारांश, सार, निचोड़, खुलासा, मतलब; सामान्य नियम या सिद्धान्त, प्रमुख विशेषताएँ; प्रान्त-रेखायें, बाह्यसीमा, समतल आकृतिको घेरनेवाली रेखायें; आकारमात्र, रेखाचित्र; २. v.t. रूपरेखा देना, बहिःरेखण करना, प्रान्तरेखायें अंकित करना अथवा रेखाओंसे घेरना, खाका खींचना; सारांश या संक्षेपमें निष्कर्ष निकालना या वर्णन करना; ~ *classification* रूप-रेखा-वर्गीकरण।

outlinear a. रूपरेखीय, रूपरेखा-जैसा।

outlive v.t. (अन्यकी अपेक्षा) उत्कृष्टतर जीवन व्यतीत करना; किसी पवित्र अथवा श्रेष्ठ कार्यके लिए जीवित रहना; अधिक जीवित रहना, ठहरना या टिकना।

outliver n. दीर्घजीवी, बहुत कालतक जीनेवाला।

outlodging n. बहिर्वास।

outlook[1] n. दृष्टिकोण, अवेक्षा, पर्यवेक्षण, निगहबानी, चौकसी, होशयारी, खबरदारी; सम्भावना।

outlook[2] v.t. धमकाना, घुड़कना, डाँटना, आँख दिखाना।

outlustre v.t. अतिशय कान्तिमान् होना, चमकमें बढ़ना।

outlying a. किसी केन्द्रसे पृथक्कृत, दूरस्थ, दूर-स्थित, दूर पड़ा हुआ; बहिर्वर्ती, बाहरका; सीमावर्ती, सीमापरका; ~ areas, ~ dispensary, ~ office, ~ places, ~ station.

outman v.t. (मनुष्योंका) संख्यामें बढ़ना।

outmanoeuvre v.t. चालबाजीमें पछाड़ देना, हेर-फेरमें मात कर देना।

outmarch v.t. अधिक तेज चलना, चलनेमें पछाड़ देना।

outmatch v.t. श्रेष्ठतर होना; किसीसे बढ़ जाना, अत्यधिक होना।

outmeasure v.t. नापमें बढ़ जाना या पिछाड़ देना।

outmode v.t. फैशनके प्रतिकूल करना।

outmost a. सबसे बढ़कर।

outmove v.t. अधिक तेजीसे चलना।

outname v.t. यशमें बढ़ जाना, नाम कमानेमें मात कर देना।

outness n. बाह्यता; अनात्मत्व।

outnumber v.t. संख्यामें बढ़ना, अधिक होना, बढ़ना।

outpace v.t. तेज चलना, चलनेमें मात करना, निकल जाना।

outpart n. केन्द्रसे दूरपरका भाग।

out-patient n. बहिरंग रोगी, बाहरी रोगी, बहिर्वासी रोगी (जो चिकित्सालयका न हो)।

out-pensioner n. बहिर्वासी अनुवृत्तिभोगी, बाहरी पेन्शनर।

outplay v.t. खेलमें हराना, मात करना, पछाड़ना।

outpost n. चौकी, नाका, थाना; पृथक् प्रहरी सैन्यदल, सेनासे कुछ दूरीपरका पहरा, सैन्यदल; सीमा-निवेश, सीमास्थान, सींव।

outpour १. n. आवेगोच्छ्वास, भावोद्गार, उबाल; निःसृत वस्तु, निकास; २. v.t. उँडेलना, ढलकाना।

outpouring n. आवेगोच्छ्वास, भावोद्गार, भावनाओंकी आवेगपूर्ण अभिव्यक्ति; वर्षण, उत्सर्ग, निःसरण, उफान, उबाल।

outpower v.t. शक्तिमें बढ़ना, बलसे दबा लेना।

output, outturn n. उत्पादित परिमाण, पैदा, उत्पाद, उत्पादन, उत्पत्ति, उपज, प्राप्ति, लाभ, पैदावार, निकास।

outrage १. n. आधर्ष, सतीत्वनाशन; कौमार्यभंग; शीलाघात, विनयभंग, दूसरोंके न्यायाधिकारों या भावनाओं इत्यादिके साथ बलात्कार, अन्याय, अत्याचार, अभिद्रोह, दंगा, दबाव (*never safe from* ~); हिंसाका कार्य; भद्दा आक्षेप, तिरस्कार अथवा असम्मान, धिक्कार (*an* ~ *upon decency, justice*, etc.); २. v.t. हरण करना, सतीत्व नष्ट करना, बलात्कार करना; (न्याय, नैतिकता इत्यादिका) निन्द्य रूपसे उल्लंघन करना; (किसीके साथ) हिंसात्मक आचरण करना, हिंसा करना, चोट पहुँचाना; अपमानित करना; दंगा करना।

outrageous a. (अति) क्रूर, निर्दय, अनाचारी, दुराचारी, निर्लज्ज, उपद्रवी, अनैतिक भ्रष्टाचारी, निन्दा-पूर्ण, अन्यायाचारी, अन्यायाचरणपूर्ण, दारुण, कठोर; हिंस्र, हिंसक, बर्बर, उग्र, प्रबल, प्रचण्ड, घोर; अपरिमित, अत्यधिक, असाधारण।

outrageousness n. अतिक्रूरता, अतिनिर्दयता, अतीव निन्दापूर्णता, अतिदुराचारिता, दारुणता, अन्याया-चारिता; हिंस्रता, बर्बरता, उग्रता, प्रबलता, प्रचण्डता; अपरिमितता, अत्याधिक्य, असाधारणता।

outrange v.t. दूर निशाना मारना, बन्दूककी मार अपेक्षाकृत अधिक करना।

outraze v.t. निर्मूल करना, नष्ट करना, जड़से उखाड़ना।

outre a. अनुचित, अनुपयुक्त, अमर्यादित, उच्छृंखल।

outreach v.t. प्रवंचना करना, छलना, धोखा देना; सीमासे बाहर होना, हदसे बाहर होना, बढ़ जाना।

outrelief n. बहिरुद्धार, ऐसेकी सहायता या उद्धार जो किसी संस्था या कारखानेसे सम्बन्धित न हो।

outride v.t. (जहाजको तूफानके बीच) तेज चलाते

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

रहना; घोड़ा निकाल ले जाना।

outrider n. आरोही अनुचर, गाड़ीमें बैठे हुए व्यक्तिका अश्वारोही अनुचर, गाड़ीके साथ पीछे या सामने चलनेवाला नौकर।

outrigged a. (नौका इत्यादि) आगेकी ओर निकले हुए शहतीर अथवा बल्ली या ठाठर इत्यादिसे युक्त।

outrigger a. (जलपोत या नावकी निकली हुई) पार्श्ववर्ध, बल्ली, शहतीर; चौखट, ढाँचा, ठाठर; (मकानकी) बल्ली, (घोड़ा सधानेका) खटका, अड़ंगा, टाँगे या गाड़ीका बम्बू; जुता हुआ घोड़ा; (नावपर बना) चप्पूके लिए खूँटा; खूँटेदार नाव।

outright[1] a. प्रत्यक्ष, सीधा, साफ; पूर्ण, सम्पूर्ण, सर्वांगीण, भरपूर, पूरा।

outright[2] adv. सर्वथा, नितान्त, तुरन्त, एकदम; एक साथ, एक बार; पूर्णतया, पूर्णरूपसे; स्पष्टरूपेण, खुलमखुला।

outrightness n. प्रत्यक्षता, पूर्णता, सम्पूर्णता; सर्वांगीणता; सीधापन।

outrival v.t. सफलतापूर्वक प्रतियोगिता करना, पराजित कर देना, हरा देना, मात कर देना, बढ़ जाना।

outroot v.t. मूलोच्छेद करना, जड़से निकाल देना, उखाड़ना।

outrun v.t. सीमा पारकर जाना (*his imagination ~s the facts*); अपेक्षाकृत अधिक तेजीसे दौड़ना, दौड़नेमें बढ़ जाना, (दूसरेको) दौड़नेमें पीछे छोड़ जाना, मात करना; ~ *the constable* (बोल०) ऋणी होना।

outrunner n. आरोही अनुचर; गाड़ीके बमके बाहर जुतनेवाला घोड़ा; पथदर्शक श्वान, हिमयान मार्ग-दर्शक कुत्ता।

outrush v. i. फूट निकलना, निकल भागना।

outsail v.t. नौचालनमें आगे बढ़ जाना या पछाड़ना।

outscorn v.t. घृणा करना, तिरस्कार करना।

outsell v.t. अधिक मूल्यपर बेचना, बिक्रीमें बढ़ जाना।

outset n. आरम्भ, उपक्रम, प्रारम्भ, शुरूआत।

outshine v.t. अधिक देदीप्यमान या प्रसिद्ध होना, भव्यतर होना, उज्ज्वलतर होना, अपेक्षाकृत अधिक चमकना, चमक में मात करना।

outside[1] n. बाह्य धरातल, बाह्य भाग; बाहरी हिस्सा; बाह्य आकृति, बाह्य रूप, बाहरी भाव; बाह्य संसार, चिन्तन-विषयसे पृथक् जगत्; बाह्यस्थिति, बाहर; महापरिमाण, सर्वोच्च गणना; कागजके रीमके बाहरी ताव।

outside[2] a. बाह्य, बाहरी (~ *activities*); निकट, समीप; निकटका, समीपका; सर्वाधिक, सम्भव, सबसे अधिक होनेवाला; मण्डलसे असम्बद्ध; ~ porter स्टेशनसे बाहर सामान ले जाना; ~ seat किनारेकी बैठकी; ~ work बाह्य कार्य;

~ aggression, ~ bodies, ~ broker, ~ cylinder, ~ market, ~ officer, ~ stock.

outside[3] adv. बाह्यतः, बाहरकी ओर; *get ~ of* (आ०) खाना, शराब पीना; ~ *& in* बाहर और भीतर; ~ *of a horse* (घोड़े पर) सवार, चढ़ा हुआ।

outside[4] prep. परे, सीमाके परे, से बाहर, के बाहर, अन्तर्गत नहीं, शामिल नहीं (जैसे, *natural forces are ~ morality*)।

outsider n. बहिर्देशवासी, अन्यदेशीय, परदेशी; बाहरी आदमी; असदस्य व्यक्ति, अप्रविष्ट मनुष्य; ज्ञानहीन व्यक्ति, अनुभव हीन पुरुष, समाजभीरु व्यक्ति; अनवसर-प्राप्त प्रतियोगी।

outsit v.t. समयके बाद ठहरना।

out-size a. सामान्य मापसे बढ़कर।

outskip v.t. फाँदना, उछलकर पार करना, उड़ जाना।

outskirt(s) n. नगर अथवा मण्डल इत्यादि या किसी विषयकी बाह्य सीमा, उपान्त, उपकण्ठ, प्रान्त; किसी विषयकी ऊपरी बातें; बेरूनी हाशिया।

outsoar v.t. उड़कर निकल जाना, उड़नेमें मात करना, बढ़ जाना।

outsole n. (जूतेका) बाहरी तल्ला।

outspan[1] n. जुआ उतारनेकी क्रिया, समय या स्थान।

outspan[2] v. i. & t. (बैलोंको) जुएसे निकालना, जुआ हटाना, साज-सामान उतारना।

outspeak v.t. चिल्लाना, धृष्टतासे बोलना, अधिक बोलना, मुँहफट होना।

outspent a. अतिक्लान्त, अतिशयश्रान्त, बहुत अधिक थका हुआ।

outspoken a. स्पष्टभाषी, स्पष्टवक्ता, स्पष्टवादी, मुँहफट, दिलेर, अकपट, खरा, बेहिचक, बेलाग।

outspokenness n. स्पष्टवादिता, (बातकी) दिलेरी।

outspread a. विस्तारित, प्रसारित, फैला हुआ।

outspring n. = OUTCOME.

outstand v.t. शेष रखना, बाकी छोड़ना; अड़े रहना, अधिक ठहरना, डटना।

outstanding a. असंगृहीत; अनिष्पन्न, अपरिशोधित; अदत्त, अप्राप्त, शेष, अवशिष्ट, बाकी, बकाया; विशिष्ट, प्रकृष्ट, असाधारण, प्रमुख, मुख्य; ~ income etc. अप्राप्त आय; ~ merit उत्कृष्ट गुण; ~ quota बचा हुआ हिस्सा।

outstare v.t. घूरना, घूरके हटाना, घुड़कना, धमकाना।

outstation १. n. परस्थान; ~ cheques नगरबाह्य धनादेश; २. a. नगरबाह्य।

outstay v. i. अधिक ठहरना, अधिक टिकना।

outstep v.t. आगेको बढ़ना।

outstretch v.t. फैलाना, बढ़ाना, पसारना।

outstretched a. विस्तृत, (बाहरकी ओर) खींचा हुआ, ताना हुआ।

outstrike v.t. अधिक पीटकर अधीन करना, मात करना।

outstrip v.t. (दौड़ आदिमें) अतिक्रमण करना, उल्लंघन करना, पिछाड़ देना, आगे निकल जाना, बढ़ जाना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

outs with ⊙ (=*terms with*) (से) व्यवहार।
outtalk v.t. बातें करके चुप कर देना, बातोंमें पछाड़ना।
outthrust n. (स्थापत्यमें) इमारतके किसी हिस्सेका बाहरकी ओर दबाव।
outtop v.t. शिखरपर पहुँचना, श्रेष्ठता प्राप्त करना।
outturn a. दे० OUTPUT.
outvalue v.t. मूल्यसे बढ़ जाना।
outvie v.t. प्रतियोगितामें सर्वोच्च होना, आगे बढ़ जाना, पछाड़ना।
outvoice v.t. अपेक्षाकृत अधिक उत्तेजित ढंगसे या अधिक उच्चस्वरसे बोलना।
outvote v.t. अधिक मत पाना, मतोंसे हरा देना।
outvoter n. अनिवासी मतदाता, बाहरी क्षेत्रका मतदाता।
outwalk v.t. तेज चलना, बढ़ निकलना, आगे निकल जाना, चलनेमें बाजी मारना।
outwall n. घरकी बाहरी दीवार।
outward a. निर्गामी, बाह्य, बाहरी, बाहरका; बहिर्दिश, बहिर्मुख,बाहरकी ओरका; दृश्य; इन्द्रियग्राह्य; बाहर-बाहर, ऊपरका (जैसे, *the ~ eye, ~ form*); ~-bound बहिर्गामी, निर्गामी; ~ journey बहिर्यात्रा; ~ man (आत्मासे भिन्न) देह, शरीर; ~ motion बहिर्मुख गति; ~ things जगत्; बाह्य पदार्थ; *to ~ seeming* बाह्यतः, देखनेमें।
outwardly adv. बाह्यतः, बाहर-बाहरसे, बाहरकी ओर।
outwardness n. बाह्य, बाह्य आकृति, बाहरी रूप; निर्गामिता, बाह्य अस्तित्व, वस्तुपरकता, पदार्थत्व; जगद्वाद, बाह्य पदार्थोंमें विश्वास।
outwards adv. बाह्य रूपमें, बाहर-बाहर, बाहरकी ओर।
outwash n. अतिप्रक्षालन।
outwatch v.t. (रात्रि इत्यादिके) अन्ततक जागते रहना, (निश्चित समयसे) अधिक निगरानी करना।
outwear v.t. धैर्यसे बिताना, सन्तोषसे काटना, सब्रसे गुजारना; अधिक चल जाना, टिकना।
outweary v.t. पूर्ण रूपसे थका देना।
outweigh v.t. अधिक भारी होना, मूल्य या तौलमें अधिक होना।
outwind v.t. बन्ध ढीला करना।
outwing v.t. उड़नेमें आगे निकल जाना, मात करना।
outwit v.t. चातुर्याभिभूत करना, (स्वयं) अधिक चातुर्य प्रदर्शित करना, अपने बुद्धिकौशलसे अन्य व्यक्तिकी बुद्धिको पराजित कर देना।
outwith prep. बाहर, बिना, सिवाय।
outwork[1] v.t. अधिक कार्य करना, काम करनेमें मात करना।
outwork[2] n. उपदुर्ग, मोहरा; प्राचीरादिका उन्नत या असंसक्त भाग, अड्डतला; दुकान या घरसे बाहर किया हुआ कार्य।
outworker n. बाह्य श्रमिक।
outworn a. जीर्ण-शीर्ण, फटा हुआ (का०); (ला०) प्राचीन, समयसे पुराना, घिसा-पिटा, बेकार।
ouzel, -sel nn. एक प्रकारका पक्षी, एक छोटी चिड़िया, (जैसे, Ring, Water, Brook, ~)।
ova दे० OVUM.
oval[1] n. आण्ड, अण्डाकार वस्तु; the O~ केनिंग्टनका खेलका मैदान।
oval[2] a. आण्ड, अण्डल, अण्डवत्, अण्डाकार, अण्डे-जैसा;
~ curve, ~ glasses, ~ shape, ~ stamp, ~ window.
ovalness n. अण्डाकृति।
ovaloid a. अण्डाभ, अण्डाकार।
ovarian a. अण्डाशय- (*~ tube*), बीजकोष-सम्बन्धी।
ovariotomist n. अण्डाशय-छेदक, अण्डाशय-शल्य-चिकित्सक, गर्भाशयकी चीर-फाड़ करनेवाला।
ovariotomy n. अण्डाशयच्छेदन।
ovarious a. अण्डाकार, अण्डरूप।
ovaritis n. अण्डाशय-शोथ।
ovary n. डिम्बाशय, अण्डाशय; बीजकोष।
ovate a. (प्रा०) अण्डाकार।
ovation n. (रोम० पुरा०) साधारण विजय; अभिनन्दन, स्वागत, जय-जयकार।
oven* n. कन्दु, तन्दूर, चूल्हा, आपाक, चुल्ली, भट्ठी*; (रसा०, धातुशास्त्रमें) छोटी अँगीठी।
over[1] n. (क्रिकेट) ओवर (एक तरफके बॉलरके गेंद फेंकने-की बारी), निर्णायककी घोषणा; (क्रिकेट) दो ओवरोंके बीच गेंदोंकी संख्या; नाटक; परिहास; परिणाम; आधिक्य, अतिरेक, बढ़ती।
over[2] a. ऊर्ध्व, बाह्य, ऊपरी, बाहरी; श्रेष्ठ, अतिशय, अत्यधिक, फालतू।
over[3] adv. आद्योपान्त, प्रारम्भसे अन्ततक, पुनः, पुनरावृत्ति करते हुए, बार-बार, एक बार फिर, फिरसे (जैसे, *read, count, ~, did it six times ~*); उच्चस्थानसे, बाहरको, चोटीपर; ~made ⊙ पुनर्निर्मित; turn ~ ⊙ क्रान्ति; दे० TURN भी; ~ and ~ ⊙ पुनः-पुनः, बारबार।
over*[1] prep. पर, ऊपर*, पूरी सतहपर (जैसे, *brush, paint, it ~*); आगे, पार; (जैसे, *climb, look, boil, ~*); उलटे, तह करके, उलटकर (जैसे, *bend it ~*); से इतस्ततः, से इधर-उधर, लगभग, -सम्बन्धी, -विषयक, से व्याप्त (जैसे, *rice is grown all ~ India*); अति, अतिशय, अधिक, अत्यधिक, से ऊपर, से अधिक* (जैसे, *the king reigns, has jurisdiction, ~ twenty millions; was victor, won the victory, was victorious, ~ —*); से बाहर और नीचे, के छोर या किनारेसे बाहर; के दौरानमें; अन्ततक, के परेतक (जैसे, *payments*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

spread ~ a series of years; will not live ~ today)।

overact v.t. & i. अधिक करना, अतिशयतापूर्ण अभिनय करना, अत्यभिनय करना (चरित्र, भाव इत्यादिका)।

overage[1] n. अतिरिक्त वस्तुएँ, अतिरिक्ति माल।

overage[2] a. अवस्थातीत, बुड्ढा।

overall १. n. सर्वच्छादी, समावेशक, साधारण वस्त्रोंके ऊपर पहननेका वसन, ऊपरी पोशाक जो काम करते समय पहनते हैं; कुल, सब (*~ deficit*); (pl.) ऊपर पहननेकी कमीज या पाजामा वगैरह; (सेना० pl. या सेनाके पदाधिकारियोंके रातको) सोनेके समय पहननेके पाजामे; २. a. सर्वोपरि, समस्त, कुल मिलाकर (*~ allowance, lengthy*)।

over-anxiety n. अति उत्सुकता।

over-anxious a. आवश्यकतासे अधिक उत्सुक।

overarch v.t. & i. (किसी वस्तुके ऊपर) महराब-सी बनाना, महराबदार होना।

overarm a. & adv. (क्रिकेट०) बाँह उठाकर।

overawe v.t. भयभीत करना, भय दिखाना, डराना।

overawed a. अतिभीत, भयभीत, भयोपहत।

overbalance १. n. अतिभार, आधिक्य (की मात्रा या परिमाण); २. v.t. & i. भार या महत्व बढ जाना, महत्त्व बढ़ाना, भारी करना, भारी होना, दबाना, पल्ला भारी कर देना; सन्तुलन बिगाड़कर गिरा देना, सन्तुलन खोकर गिर पड़ना, डगमगाकर गिरा देना, डगमगाकर गिरना।

overbark a. सवल्क, छाल समेत, छालके ऊपरका (*~ measurement*)।

overbear v.t. गुरुतर होना, महत्त्व इत्यादिमें बढ़ जाना, भारमें बढ़ जाना; शक्ति अथवा अधिकार द्वारा दमन करना या दबाना, उलटा दबाना, मात करना।

overbearing a. अभिमानी, धृष्ट, उद्धत, दृप्त, गर्वित, घमण्डी; उच्छृखल, उद्दण्ड; निरंकुश, प्रभुतासम्पन्न; असहनशील, दबानेवाला; अत्याचारी।

overbearingness n. धृष्टता, उद्धतता, दर्प, दम्भ।

overbid v.t. योग्यतासे अधिक मूल्य लगा देना; (ब्रिजके खेलमें अपने साथीकी अपेक्षा) बढ़कर बोली बोल देना।

overblow v.t. फूलोंसे भर देना; तेज हवा चलना।

overblown १. p.p. (तूफान इत्यादि) गत, विगत, गुजरा हुआ; २. a. (फूल) पूर्णावस्थाप्राप्त, अत्यधिक खिला हुआ।

overboard adv. तख्तेपर, जहाज या किश्तीपरसे (पानीमें, *throw, fall ~*); (ला०) त्यक्त, छोड़कर।

overbridge n. उपरिसेतु, पटरीके ऊपरका पुल।

overbrim v.t. & i. छलकना, लबालब (मुँहतक) भर जाना, ऊपरतक भरकर गिरने लगना (*water ~med the cup*)।

overbuild v.t. अतिनिर्माण करना, आवश्यकतासे अधिक बनाना।

overburden v.t. अधिक लाद देना, दबा देना।

overburdened a. अतिभाराक्रान्त।

overburnt a. अतिदग्ध, बहुत जला हुआ।

overbusy a. अत्यधिक व्यस्त, वांछितसे अधिक कार्य करनेवाला।

overbuy v. i. महँगा खरीदना, आवश्यकताओंकी पूर्तिके लिए अधिक खरीदना।

overcanopy v.t. शामियाना या सायवान तानना।

overcapitalize v.t. अधिपुंजीयित करना, (किसी व्यापारिक संघ इत्यादिकी) पूँजी बहुत अधिक निश्चित करना या अनुमानना; अधिक मूलधन लगाना।

overcareful a. अतिसावधान, आवश्यकतासे अधिक चौकन्ना।

overcarry v.t. अधिक दूर ले जाना।

overcast १. a. मेघावृत, मेघाच्छन्न, तमोवृत्त, आच्छन्न, छाया हुआ (*~ sky*); २. v.t. (आकाशको) अन्धकार या मेघों द्वारा आच्छन्न कर देना; फेंक देना; काला कर देना, ढँक देना, छाना।

overcharge १. n. अधिप्रभार, अधिक भार; अत्यधिक भरा हुआ विस्फोटक पदार्थ; २. v.t. (किसी व्यक्तिसे या किसी वस्तुका) अधिप्रभार लगाना, अत्यधिक दाम लेना, सही या ठीक दामसे अधिक लेना; अधिक काम लाद देना, छकाना; अत्यधिक बारूद या अन्य विस्फोटक पदार्थ भरना; अतिशयोक्तिपूर्ण या अत्यधिक विवरण देना, बढ़ा-चढ़ाकर कहना।

overcloud v.t. बादलों या छायाओंसे आच्छन्न कर देना या ढाँक देना; (ला०) शोकाकुल करना।

overcoat n. एक कोटके ऊपर पहना जानेवाला दूसरा कोट, बालाई कोट, बालापोश, फरगल, ओवरकोट, बड़ा कोट।

overcold a. बहुत ही ठण्डा।

overcolour v.t. अधिक रंग देना; (वर्णन इत्यादिको) अतिशयोक्तिपूर्ण बनाना, बढ़ा-चढ़ाकर कहना।

overcomable a. पराजेय, वश्य, पार करने योग्य।

overcome[1] v.t. & i. पराजित करना, अभिभूत करना, वशीभूत करना, वशमें लाना, जीतना, छा जाना, काबू पाना, बसमें लाना, सर करना, पार करना (*~ difficulties*); किसी वस्तुका उत्कृष्टतर भाग प्राप्त करना, लाभ उठाना; (p.p.) श्लथ, क्लान्त, थका हुआ; हताश, बदहवास; अपनी सम्पत्तिसे वंचित किया हुआ; *~ with liquor* मदिरोन्मत्त।

overcome[2] a. पराजित, वशीकृत, ग्रस्त, अभिभूत, हावी; दे० ऊपर भी।

overcostly a. अतिमहार्घ, बहुत महँगा।

overcredulous a. अतिविश्वासी, अन्धविश्वासी, शीघ्र विश्वास करनेवाला।

overcrop v.t. (जमीनको) अत्यधिक अनाज उगाते-उगाते कमजोर बना देना, जरूरतसे ज्यादा काश्त

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

करना, काश्त करते-करते जमीनका सत निकाल लेना।
overcrow v.t. विजय-गर्वित होना, विजय पाना, जीतना, जयजयकार करना, जीतके नगारे बजाना; डींग मारना, बहकना, ऐंठना, अकड़ना।
overcrowd v.t. बड़ी भीड़ मचाना।
overcrowded a. अति घन, घना, घनी आबादीवाला।
overcrowding n. अतिसंकुलन, बड़ी भीड़।
overcurious a. अत्यधिक जिज्ञासु, अत्यधिक नियमानुवर्ती, सावधान अथवा दुस्तोषणीय।
overdate v.t. बादकी तारीख डालना।
overdated a. बादकी मिति या तारीख डाला हुआ।
over-develop v.t. (फोटो) अतिविकसित करना, अधिक बढ़ाना; फिल्म को रासायनिक पदार्थ द्वारा अत्यधिक धो डालना।
overdo v.t. अति करना, बहुत दूरतक चले जाना; अत्यधिक पकाना या जला देना, शक्तिसे अधिक कार्य करना या कराना, थका मारना।
overdone a. अतिपक्व, आवश्यकतासे अधिक पकाया हुआ; अतिश्रान्त, अतिक्लान्त।
overdoor n. किवाड़ोंकी लकड़ीपर किया हुआ सजावटका काम।
overdose n. अधिक मात्रा।
overdraft n. अधिकर्ष, जमासे अधिकका ड्राफ्ट, (बैंकमें जितनी रकम हो उससे) अधिककी हुण्डी।
overdraw v.t. & i. अतिशयोक्तिपूर्ण वर्णन करना, बढ़ा-चढ़ाकर वर्णन करना, चित्रकारीमें अति करना; (बैंकमें जमा रकमसे अधिकका) चेक काटना; अधिक लेना, (बैंकसे अपनी रकमसे) ज्यादा निकाल लेना।
overdrawn a. अधिकृष्ट, अतिकृष्ट, अतिविकृष्ट (~ *bill*)।
overdress n. ऊपरकी पोशाक, एक पोशाकके ऊपर पहनी जानेवाली दूसरी पोशाक।
overdrive v.t. अधिक हाँकना, तेज चलाना, (घोड़े इत्यादिको) दौड़ाकर या (व्यक्तिको) काम लेते-लेते थका मारना।
overdue a. बीतकाल, कालातीत, कालातिदेय, अतिदेय, अतिप्राप्य, ठीक समयपर अदा न किया हुआ (~ *bill, interest*)।
overeat v.t. अतिभोजन करना, बहुत खा जाना।
overestimate १. n. अध्यागणन, अतिगणना; अत्यनुमान, ज्यादा तखमीना; २. v.t. अतिगणना करना, किसी परिमाण या महत्वको वास्तविकतासे बहुत अधिक अनुमानना, अधिक आँकना, वास्तविकतासे अधिक समझना, असलियतसे ज्यादा तखमीना लगाना।
overestimation n. अधिक मूल्य-निरूपण।
overexposure n. (फोटो०) अतिप्रकाशन, अति प्रकाश-दर्शन, अधिक प्रकाशदर्शन, प्लेटको आवश्यकतासे अधिक प्रकाशमें रखना।
overfeed v.t. & i. अधिक खिलाना, भकोसना।
overfill v.t. परिमाणमें अधिक भरना।
overfish v.t. अधिक मछलियाँ पकड़ना।
overflooded a. अति जलमग्न।
overflow[1] १. n. प्लावन, परिप्लावन, आप्लाव, पूरवाह, उत्प्रवाह, तूफान, बाढ़, अतिबाहुल्य, अतिप्रचुरता, प्राचुर्य, अतिरेक, अत्याधिक्य, छलकी हुई वस्तु (जल), फालतू चीज, फाजिल चीज; जलवृद्धि, बाढ़, सैलाब; २. v.t. प्लावित होना, परिप्लावित होना, ऊपरतक भरकर बह निकलना, अन्दर न समाना, छलकना, उमड़ना, लबालब भर जाना, बाढ़ आ जाना, बह निकलना; (ला०) बाहरतक पहुँचना, (जमघट आदिका कमरेमें) भर जाना; (दयालुता, फसल आदिका) प्रचुर होना; ~ meeting सभा-प्लावन, सभा-परिप्लावन, सभाके बाहरकी भीड़।
overflow[2] v.t. & i. ऊपरसे बह जाना, जलथल होना।
overflowing १. n. प्लावन, आप्लावन, उपरिप्लावन, उफान, बहाव; अत्याधिक्य, बाहुल्य, प्रचुरता, बहुतायत; २. a. अतिपूर्ण, आप्लुत, लबालब, छलकता हुआ, उमड़ता हुआ; अति, अत्यन्त, बहुत।
overfreight v.t. अधिक बोझ लादना।
overglance v.t. शीघ्रतासे देखना, निगाह फेरना।
overgo v.t. बढ़ना, लाँघना, पार करना; फैलना, छा जाना; पारण करना; निकल जाना।
overgovern v.t. अतिशासन करना, अनावश्यक बन्धनों तथा नियमोंके साथ शासन करना।
overgreen v.t. हरियाली छा जाना।
overground a. भूम्युपरि, पृथ्वीतलके ऊपरका, जमीनके ऊपरका (~ *heap*)।
overgrow v.t (बेलों या लतरोंका दीवार आदिपर) फैल जाना, ढँक लेना, छा जाना।
overgrown a. अतिवृद्ध, अधिक बढ़ा हुआ, फैला हुआ।
overgrowth[1] n. अतिविकास, अधिवृद्धि, ऊपरी अस्वाभाविक वृद्धि, असाधारण वृद्धि।
overgrowth[2] n. किसी वस्तुपर उगी हुई बेलें या लतरें।
overhand a. & adv. हाथसे ढँककर; हाथ ऊपर उठाकर, हाथ उठाकर किया हुआ (~ *bowling*); हाथ ऊपर निकालकर, हाथ दिखाकर (जैसे, तैराकीमें ~ *stroke*)।
overhang n. कोई निकला हुआ भाग, झुकाव; झुकावकी मात्रा, झुकावकी अवस्था; v.t. & i. प्रलम्बित होना, ऊपर लटकना, ऊपर लटकाना, झुकना, आगेको निकला हुआ और किसी चीजपर छाया किये होना; आसन्नवर्ती होना; (ला०) सरपर खेलना, मँडराना।
overhanging a. प्रलम्बी, बाहर निकला हुआ, ऊपर लटका हुआ।
overhappy a. अतिप्रसन्न, अधिक प्रसन्न।
overhardy a. अतिसाहसी, बहुत दिलेर।
overhasty a. अतिसाहसी, अतिक्षिप्र, अधीर, उतावला, जल्दी मचानेवाला।
overhaul v.t. पुनर्कल्पना करना, नया करना; परीक्षण

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

या निरीक्षणके लिए विभिन्न अंगोंको पृथक् करना; प्रत्येक अवयवको पृथक् करके परीक्षण करना, दशाका परीक्षण करना, देखभाल करना, जाँच-पड़ताल करना; बराबर पहुँच जाना, जा पकड़ना, जा लेना।

overhauling n. यन्त्र इत्यादि साफ करना, सुधारना, नया कर देना।

overhead[1] a. ऊर्ध्ववर्ती, ऊँचाईमें स्थित, ऊपरका; ~ charges (वाणि०) उपरिव्यय, पूरक लागत, (कार्यालयके व्ययों, प्रबन्ध, पूँजीपरके ब्याज तथा व्यापारकी) अन्य आवश्यकताओंपर होनेवाले खर्च, ऊपरी खर्च;

~ costs, ~ cover, ~ equipment, ~ expenses, ~ line, ~ price, ~ shade, ~ valve.

overhead[2] adv. सिरपर, ऊपर आकाशमें, ऊँचाईमें, ऊपरकी मंजिलमें।

overhear v.t. दूसरेकी गुप्त बात-चीत सुन लेना, अनिच्छित रूपसे सुनना, अदृश्य रूपसे अथवा गुप्त श्रोताके रूपमें सुनना, ऊपरसे सुन पाना।

overheat v.t. अत्युष्ण करना, अतितप्त करना, अधिक गरम करना।

overissue n. बहुत अधिक जारी किया हुआ नोट या कम्पनीका हिस्सा वगैरह; अधिनिर्गमन, अधिनिर्गम, अधिकारपूर्ण परिमाण या योग्यताके अनुसार चुकानेकी सामर्थ्यसे अधिक (नोट, कम्पनीका हिस्सा वगैरह) जारी करना।

overjoy १. n. प्रहर्ष, अतिमोद; २. v.t. अतिमोदित करना, अतिप्रसन्न करना।

overjoyed a. प्रहृष्ट, प्रमुदित, उल्लसित, अत्यन्त प्रसन्न, बहुत ही खुश, बाग-बाग।

overkind a. अतिदयालु।

overknee n. घुटनोंके ऊपरका (~ *shorts*)।

overlabour v. i. (किसी कार्यको) घोर परिश्रमसे करना, बेहद मेहनत करना।

overlade v.t. (जहाजपर) बहुत अधिक बोझा लादना।

overladen a. अतिभारित, दबा हुआ।

overland १. a. स्थलका अथवा कुछ जल तथा कुछ स्थलका (मार्ग); २. adv. स्थलमार्गसे, खुश्कीके रास्तेसे।

overlap १. n. अतिछादक वस्तु, अतिछादक भाग; अतिछादन, आंशिक रूपसे आच्छादित करनेकी क्रिया, पूर्णतः आच्छादित करके निकले रहनेकी क्रिया, अतिव्याप्त होना; किसी सीमातक समान गुणधर्मा होनेकी क्रिया; २. v.t. अतिव्याप्त करना, किसी हदतक एक-दूसरेको ढँकना (*the great difficulty in classification is the ~ping of species*); अतिछादन करना, आंशिक रूपसे आच्छादित करना, पूर्णतः आच्छादित करके बाहर निकला रहना, ढँकना, ढँककर बाहरकी ओर बढ़ना; किसी सीमातक समान गुणधर्मा होना।

overlapping १. n. अतिछादन, अतिव्याप्ति; २. a. अतिछादी, अतिव्यापी।

overlavish a. अत्युदार, बहुत अधिक व्ययशील।

overlay १. n. (सैन्य०) अधिचित्र; छोटा मेजपोश, चादर, बिस्तरपोश; सतहपर फैलायी हुई किसी चीजकी तह, चढ़ी हुई पर्त, जमायी हुई पर्त; (छापेकी मशीनकी उस सतहपर जिसपर दाब पड़ता है) लगा हुआ कागजका टुकड़ा; २. v.t. सतहपर फैलाना, बिछाना, पर्त चढ़ाना, ढाँकना, लीपना, तह जमाना; बहुत लादना; इस तरह (बच्चेके) ऊपर लेटना (कि दम घुटकर मर जाये); (गलत प्रयोग) अधिशयन करना।

overlaying n. आच्छादन, अधिच्छादन।

overleaf adv. पत्रकी दूसरी ओर, पन्नेके दूसरी तरफ, दूसरे पृष्ठपर, वर्कके दूसरी तरफ।

overleap v.t. जय करना, विजय करना, सर करना, गालिब आना; नजर अन्दाजकर जाना; अतिक्रमण कर जाना, लाँघ जाना; लोप कर जाना, छोड़ जाना, कूद जाना, छलाँग जाना, फाँद जाना, फलाँग जाना, उछल जाना।

overleather n. जूतेका ऊपरी चमड़ा।

overlie v.t. अधिशयन करना, ऊपर लेट जाना (इस तरह बच्चेके ऊपर लेट जाना कि दम घुटकर मर जाय)।

overlive v.i. (अन्य व्यक्ति, विशिष्ट युग इत्यादिके) पश्चात् जीवित रहना, बादमें जिन्दा रहना।

overload n. & v.t. अतिभार रखना, भारी करना, बहुत लाद देना।

overlong a. बहुत अधिक लम्बा।

overlook v.t. उपेक्षा करना, लोप कर जाना, अतिक्रम कर जाना, अनदेखी करना, नजर न पड़ना; जाने देना, नजर अन्दाज करना; उच्चतर होना, ऊँची स्थितिपरसे देखना, ऊँचे स्थानसे किसी दृश्यको देखना, ऊँचाईसे देखना; पर्यवेक्षण करना, सतर्कतासे निरीक्षण करना, निगरानी करना; दोष क्षमा करना; बुरी नजरसे टोना-टोटका कर देना, नजर लगाना।

overlooker n. सतर्कता रखनेवाला, चौकसी रखनेवाला।

overlord n. अधिराज, सर्वाधिपति, प्रधान स्वामी।

overman n. अतिमानव, (वह आदर्श मनुष्य जो गुणों एवं दोषोंसे परे हो अथवा जो नैतिक बन्धनोंसे ऊपर उठ गया हो)।

overmantel n. आतिशदानके ऊपरके मचान या अलमारी या तख्ते (MANTEL) पर किया हुआ सजावटका काम।

overmasted a. भारी मस्तूलोंवाला, मस्तूलोंके कारण भारी।

overmaster v.t. अभिभूत करना, शासन करना, अधीन करना, दबाना।

overmatch १. n. (प्रतियोगितामें अन्यकी अपेक्षा) विजयी व्यक्ति, अधिक बलशाली व्यक्ति; २. v.t. (प्रतियोगितामें अन्यसे) अधिक बलशाली होना, बढ़ा हुआ होना; पराजित करना, हराना, मात करना, जीतना, काबू करना, हावी होना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

overmeasure १. n. पर्याप्त अथवा उचितसे अधिक परिमाण; २. v.t. अधिक आँकना, अधिक कूतना।

overmodest a. अतिविनीत, अत्यधिक विनीत।

overmuch १. n. आधिक्य, बाहुल्य, अतिरेक, अत्यधिक परिमाण या वस्तु इत्यादि; २. a. अत्यधिक, अत्यन्त, अतिमात्र, अति, हदसे ज्यादा।

overnice a. अत्युत्तम, अतिसूक्ष्म, अतिमृदु, (हदसे ज्यादा) नाजुकमिजाज।

overnight १. a. निशार्ध, पिछली रातको घटित या कृत, पिछली रातका; २. adv. रातोरात, रात्रिको।

overpass v.t. & i. पार निकल जाना, आगे बढ़ जाना, पीछे छोड़ जाना, परे निकल जाना, गुजर जाना, गालिब आना, बाजी मार लेना; बिता देना, बसर कर देना, गुजार देना; समाप्तितक पहुँचना, अंजामको पहुँचना; विजित करना, सर करना।

overpassed, -past a. गत, विगत, समाप्त, व्यतीत, गुजरा हुआ।

overpay v.t. (किसी व्यक्ति या किसी सेवाके लिए उचित क्षतिपूर्ति या वेतनसे) अधिक दे देना।

overpayment n. अधिशोधन, अधिक भुगतान।

overpeopled a. अत्यधिक जनाकीर्ण, हदसे ज्यादा आबाद।

overpersuade v.t. (अनिच्छा या विमुखता होते हुए भी) सम्मत कर लेना, किसी-न-किसी तरह राहपर ले आना, बावजूद इनकारके राजी कर लेना या मनवाना, बहकाना, फुसलाना।

overpitch v.t. क्रिकेटके खेलमें इस प्रकार गेंद फेंकना (बालिंग करना) कि वह विकेटके अत्यन्त निकट टिप्पा खाये।

overplus n. अतिरेक, आधिक्य, उद्वर्त, उद्वृत्त, बचत, बढ़ती, बढ़ोतरी, अधिकाई, फाजिल।

overply v.t. अतिशक्ति लगाना, अधिक बल लगाना, जान मारना।

overpoise v.t. भार या तौलमें अधिक होना।

overpopulation n. अत्यधिक जनाकीर्णता, अतिजनसंख्या; अतिप्रजनन।

overpost v.t. अतिशीघ्रता करना।

overpower v.t. (उष्णता, भावों इत्यादिका) अत्यधिक तीव्र होना; (किसी वस्तु या बात इत्यादिको) अपेक्षाकृत अधिक तीव्रतासे प्रभावहीन अथवा अप्रत्यक्ष बना देना; आक्रान्त करना, वशवर्ती करना, काबूमें लाना, दबा लेना; बेबस करना; पराभूत या अभिभूत करना, विजयी होना, पराजित करना, छा जाना, हावी हो जाना, दबाना, गिरा देना, लताड़ना, पछाड़ना, मात करना।

overpowering a. अत्यधिक।

overpraise n. & v.t. अतिप्रशंसा (करना), अत्यधिक सराहना (करना)।

overpressure n. अत्यधिक भार, बेहद दबाव।

overprint v.t. उपरिमुद्रण करना, (पहलेसे मुद्रित पत्रपर) अतिरिक्त सामग्री छापना; (फोटो०) छापते समय प्लेटपर आवश्यकतासे अधिक प्रकाश-दर्शन कराना।

overprize v.t. मूल्यमें अधिक होना, दाममें बढ़ जाना।

overproduce v.t. & i. अत्युत्पादन करना, माँगकी अपेक्षा अधिक माल पैदा करना।

overproduction n. अत्युत्पादन, बहुत अधिक उपज।

overproof a. अत्यन्त तीव्र, तेज (शराब)।

overrate[1] n. अधिमूल्यांकन, अधिक अनुमान।

overrate[2] v.t. (किसीके विषयमें) अत्युच्च मत स्थिर करना, अत्यधिक ऊँची धारणा रखना, अत्यधिक मूल्य लगाना।

overreach v.t. & i. पकड़ लेना, ऊपर चढ़ जाना, बहुत आगे बढ़कर क्लान्त होना; (घोड़ेका) अगले पैरकी टापोंको पिछले पैरोंकी टापोंमें मारकर जख्मी कर लेना; (चालाकीमें) मात करना, कान कतरना, कान काटना; प्रवंचित करना, धोखा देना, ठगना, बुत्ता देना, चूना लगाना, बेवकूफ बनाना, छल करना।

overreaching n. प्रतारणा, प्रवचना।

overread v. i. अत्यध्ययन करना, बहुत पढ़ना।

overrefine v.t. बहुत साफ करना।

overrent v.t. बहुत अधिक लगान वसूल करना, बहुत ज्यादा किराया लेना।

override v.t. बहुत चढ़ना, (घोड़ेको) दौड़ा-दौड़ाकर थका मारना; सशस्त्र सैन्यसहित (शत्रुके देशपर) चढ़ आना, कुचलना, अभिभूत करना, दबाना, लाँघना।

overrule v.t. (उच्चतर अधिकारी द्वारा किसी निर्णय, तर्क या प्रस्तावको) अधिशासित करना, रद्द कर देना, मंसूख कर देना; विरुद्ध व्यवस्था देना, प्रत्यादिष्ट करना, (किसी व्यक्तिका प्रस्ताव) अस्वीकृत कर देना।

overrun v.t. अतिक्रमण कर जाना, पददलित करना, मात करना, (सीमासे) बढ़ जाना; ध्वंस कर देना, नष्ट-भ्रष्ट कर देना, तहस-नहस कर डालना, लूटना और बरबाद कर देना, उजाड़ देना; छा जाना, फैलना।

oversea(s) १. a. विदेशी, समुद्रपार, समुद्रके पारका; २. adv. विदेशमें, समुद्रके पार;

~ allowance, ~ command, ~ despatches, ~ importer, ~ imports, ~ investments, ~ pay, ~ scholarship, ~ tourist, ~ trade, ~ university.

oversee v.t. (कर्मचारियोंमें कार्यके पालनका) पर्यवेक्षण करना, देख-भाल करना, निगरानी करना; (किसी वस्तुका) अधिदर्शन करना, ऊपरसे देखना (क०)।

overseer n. अध्यवेक्षक, पर्यवेक्षक, निरीक्षक, अधिकर्मी, दारोगा, पेशकार, निगहबान, निगरान, ओवरसियर; अधिदर्शक, उपदर्शक; ~ of the poor निर्धनादिदर्शक, निर्धनोंकी सहायता या दान इत्यादिके लिए नियुक्त पदाधिकारी, नाजिर खैरात।

oversell v.t. & i. (वस्तु, राशिका) अधिक परिमाणके

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

विक्रयका व्यापार करना; महँगा बेचना।

overset v.t. & i. उलटना, नीचे गिराना, औंधा करना, पलट देना।

oversew v.t. दोनों सिरे मिलाकर सीना, तुरुपना।

overshade v.t. ढाँपना, छाया डालना, छाना, अँधेरा करना।

overshadow v.t. छाया करना, धूपसे बचाना, छाँहमें कर देना, छाँह करना, ढँक देना; (अपनी उज्ज्वलता या कान्तिसे अन्यकी) कान्तिको निष्प्रभ कर देना, आब व तावमें बढ़ जाना; आक्रमणसे रक्षा करना (क०)।

over-shoe n. ऊपरी जूता, जूतेके ऊपर पहननेका रबर, नमदा, बालाई जूता।

overshoot v.t. अस्त्रका आगे पहुँचना, निशानेसे परे अस्त्र फेंकना; लक्ष्य इत्यादिकी सिद्धि प्राप्त कर लेना; लाँघना, पार जाना, दूर निकल जाना; अत्युक्ति करना; किसी कार्यकी अति करना, बढ़ा देना।

overside[1] a. (माल चढ़ाने-उतारनेवाली नौकाओंसे) जहाजकी ओरका, नौकाओंकी ओरका।

overside[2] adv. एक ओर, (माल चढ़ाने-उतारनेवाली नौकाओंसे) जहाजकी ओर, नौकाओंकी ओर।

oversight n. अधिदर्शन, अन्वेक्षा, पर्यवेक्षण, निरीक्षण, देख-भाल, निगरानी (क०); दृष्टिदोष; प्रमाद, त्रुटि, ध्यानलोप, असावधानता, अतिक्रम, असावधानता-दोष, भूल, चूक, गलती।

overskip v.t. लाँघना, फाँदना, फलाँग जाना।

oversleep v.t. अत्यधिक समयतक सोना।

oversleeve n. आस्तीनपोश, वह कपड़ा जिसे आस्तीन-पर चढ़ा लिया जाता है।

overslip n. अधिसर्पण, भूल, चूक।

oversoul n. ब्रह्म, परम आत्मा।

oversow v.t. परिमाणसे अधिक बोना।

overspend v.t. & i. (उपलब्ध साधनोंकी अपेक्षा) अधिक व्यय करना।

overspent a. अतिक्लान्त, अतिपरिश्रान्त, बहुत थका हुआ।

overspill n. अतिरिक्त जनसंख्या, फाजिल आबादी; गिरा हुआ या छलका हुआ पानी आदि।

overspread १. v.t. विकीर्ण हो जाना, फैलना; (किसी वस्तुका) धरातलका तल आच्छादित कर लेना या घेर लेना, छा जाना, बिछ जाना, ढँक लेना; २. a. आच्छादित, आवृत, आस्तीर्ण, व्याप्त, छाया हुआ।

overstamped a. अधिमुद्रांकित।

overstate v.t. अतिरंजित करना, अत्युक्ति करना, बढ़ा-चढ़ाकर वर्णन करना या बताना, बात बढ़ाना।

overstay v. i. (आतिथेयकी इच्छाकी अपेक्षा) अधिक ठहर जाना, ज्यादा ठहरना।

overstep v.t. (ला०, सीमाका) अतिक्रमण करना, सीमोल्लंघन करना, बाहर कदम रखना, अधिक आगे बढ़ जाना।

overstock n. & v.t. अतिसंचय (करना), अतिसंग्रह (करना), भर देना।

overstrain १. n. हानिकारक शारीरिक या मानसिक परिश्रम; २. v.t. अत्यधिक परिश्रम कराकर हानि पहुँचाना, अत्यधिक भार डालना, हदसे ज्यादा काम करना या लेना; (सन्देह या संकोच इत्यादिका) अत्यधिक लाभ उठाना।

overstream v.t. बह निकलना।

overstrung a. अत्यधिक क्लान्त अथवा पीड़ित, (प्यानो) एक-दूसरेको तिरछे काटते हुए तारोंवाला।

oversubscribe v.t. अपेक्षाकृत अधिक चन्दा देना; (ऋण इत्यादिसे) अपेक्षाकृत अधिक हिस्से खरीद लेना।

oversupply n. & v.t. माँगसे अधिक देना।

overswear v.t. फिर शपथ लेना।

overswell v.t. उमड़ना, चढ़ना।

overt a. अगुप्त, अगोपित, विवृत, व्यक्त, स्पष्ट, सुप्रकाश, प्रकट, प्रत्यक्ष, स्फुट, खुला, खुल्लमखुल्ला किया हुआ (~ *act*); market ~ विक्रयार्थ वस्तुओंका प्रत्येक व्यक्तिके सम्मुख प्रदर्शन।

overtake v.t. (दुर्भाग्य, तूफान इत्यादिका) एकाएक आ जाना; बराबर आ जाना, जा पकड़ना, जा लेना, पहुँच जाना, जा घेरना।

overtask v.t. (किसीके लिए या किसीको) अत्यधिक गुरुतर कार्य या भार देना अथवा लादना, दबाना।

overtax v.t. अत्यधिक करोंसे भारग्रस्त कर देना, अधिक कर लगाना; (किसीकी शक्ति इत्यादिसे) अत्यधिक कार्य लेना।

overthrow १. n. (क्रिकेटमें फील्डर द्वारा इस प्रकारसे) गेंदको फेंकनेकी क्रिया (कि वह विकेटके पास न रुके और खेलनेवालेको मनोवांछित रन बनानेका अवसर मिले); पराभव, पराजय, हार; क्षय, नाश, उत्साद, विध्वंस, समाप्ति, बरबादी, खात्मा; २. v.t. हरा देना, नीचे गिरा देना, पटकना, उलट देना; समाप्त कर देना, नष्ट-भ्रष्ट कर देना (संस्था इत्यादिको)।

overtime n. अधिकाल, अधिसमय, अतिरिक्त समय, ओवर टाइम;
~ allowance, ~ charges, ~ sheet.

overtness n. स्फुटता, व्यक्तता, स्पष्टता, प्रकटता, खुलापन।

overtoil v.t. अतिपरिश्रम करना।

overtone[1] n. (संगीत) उपरितान, ऊपरका PARTIAL.

overtone[2] v.t. (फोटो०) उचितसे अधिक रंग भरना।

overtop v.t. अपेक्षाकृत अधिक उच्च होना या बनना, ऊँचाईमें बढ़ जाना, बड़ा होना, कदमें दूसरेसे अधिक बढ़ जाना; छा जाना।

overtower v.t. ऊपर चढ़ जाना।

overtrain v.t. & i. अत्यधिक व्यायाम या (कुश्तीका) अभ्यास करना या कराना।

overtrump v.t. बढ़कर तुरुप लगाना, दूसरेसे बड़ा तुरुपका पत्ता चलना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

overture n. (परस्परके समझौते या क्रय-विक्रय-सम्बन्धी) बात-चीतका प्रकटीकरण, औपचारिक प्रस्ताव-निवेदन, प्रस्ताव; कविता इत्यादिका प्रारम्भिक भाग; (संगीत) पूर्वरंग, गानवाद्य-मण्डली द्वारा प्रस्तुत गीतिनाट्य, धार्मिक भजन इत्यादिका प्रारम्भिक भाग।

overturn १. n. क्रान्ति, उद्वर्तन, उलट-पलट, पछाड़, उलट-फेर; २. v.t. & i. विध्वंस कर देना, नष्ट-भ्रष्ट कर देना, समाप्त कर देना, मिटा देना; खात्मा कर देना; हरा देना; उलट देना, उलटकर गिरा देना, औंधा देना; गिर पड़ना, उलट जाना, पलटना, औंधा हो जाना।

overvaluation n. अतिमूल्यांकन, अधिक दाम आँकना।

overvalue v.t. अधिक दाम लगाना।

overveil v.t. ऊपरसे ढक लेना।

overwatch v.t. अधिक चौकसी करना।

overweed v.t. अत्यधिक निराई करना।

overween v. i. शेखी बघारना।

overweening a. आत्माभिमानी, गर्वित, आत्मश्लाघी, धृष्ट, अतिघ्न, अतिश्लाघी, उद्धत, आत्मविश्वासी, घमण्डी, खुदपसन्द।

overweight n. अतिभार, स्वीकृत अथवा वांछित भारसे अतिरिक्त भार, जायद बोझा, फाजिल वजन।

overweighted a. अतिरिक्तभाराक्रान्त, निश्चित भारसे अधिक भारवाला।

overwhelm v.t. पूछ-ताछ या प्रश्नोंकी बौछार कर देना, प्रश्न करते-करते नाकमें दम कर देना, विह्वल करना, पराभूत करना, भावना इत्यादिसे अभिभूत करना; दबाना, ऊपरसे बोझ लाद देना, हावी हो जाना; पलभरमें विध्वंस कर देना, क्षणमात्रमें नष्ट कर देना, कुचल डालना, बरबाद कर देना, तबाह कर देना।

overwhelmed a. अभिभूत, ग्रस्त, आक्रान्त, अभिप्लुत, व्यग्र, व्याकुल, घबड़ाया हुआ।

overwhelming a. अदम्य, दुर्दम्य, प्रचुर, अत्यधिक, बेहद, जबर्दस्त (संख्या, परिमाण इत्यादिमें) बहुत अधिक; ~ proof प्रचुर प्रमाण।

overwind v.t. (घड़ीमें) जरूरतसे ज्यादा चाबी देना।

overwinter v.t. शीतकाल पार करना, सर्दी बिताना।

overwise a. अधिक बुद्धिमान्।

overwork १. n. अत्यधिक कार्य, हदसे ज्यादा काम; २. v.t. & i. कार्य-श्रम अथवा कार्य-श्रान्त करना, कठिन परिश्रम कराना, थका देना, काम करते-करते थक जाना, बहुत ज्यादा काम लेना।

overworn a. अतिश्रान्त, अतिक्लान्त, बहुत अधिक थका हुआ।

overwrest v.t. = OVERSTRAIN.

overwrite v.t. अत्यधिक लिखनेसे अपनी शैलीको क्षति पहुँचाना; ऊपर लिखना।

overwriting n. लिप्त लेखन, ऊपरकी लिखाई।

overwrought a. बड़े परिश्रम या कारीगरीसे सम्पादित; अति उत्तेजित, अत्युद्विग्न, उत्तेजनाकी प्रतिक्रियासे ग्रस्त; बहुत भारी कामका; अतिचित्रित, बहुत भारी नक्श या चित्रकारीवाला।

overzeal n. अति उत्सुकता, औत्सुक्य, उत्कण्ठा।

overzealous a. अत्युत्सुक, अतिव्यग्र।

ovibovine a. कस्तूरीमृग-सम्बन्धी।

ovicell n. अण्डकोश।

ovicular n. अण्डीय, अण्डे जैसा।

oviduct n. (जीववि०) अण्डाणु-वाहिनी, डिम्बप्रणाली, अण्डप्रणाली।

oviferous a. अण्डवाही, अण्डधारी, अण्डेवाली।

ovification n. अण्डोत्पादन, डिम्बजनन।

oviform a. अण्डाकार, अण्डेकी आकृतिवाला।

ovine a. मेष-सदृश, अवि-सदृश, मेष-सम्बन्धी, भेड़के समान।

oviparous a. अण्डज, द्विज, अण्डोत्पन्न, अण्डोंसे बच्चे पैदा करनेवाला।

oviposit v.t. अण्डे रखना।

ovipositor n. अण्डनिधाता, अण्डनिधानकर्ता।

ovisac n. अण्ड, अण्डा।

ovoid १. n. डिम्बाकार या डिम्बाभ अथवा अण्डाकार वस्तु या तल; २. a. डिम्बाकार, अण्डाकार, डिम्बाभ, अण्डरूप।

ovoidal a. अण्डाकार।

ovolo n. एक गोलसा साँचा (जिसके सिरेका चौथाई भाग वृत्तमें आ जावे)।

ovoviviparous a. उदरपोषित अण्डे देनेवाला; पेटमें सेया अण्डा पैदा करनेवाला।

ovular a. डिम्ब-सम्बन्धी, असिक्त डिम्बीय, पूर्व-बीजीय, पर्यण्डीय।

ovulation n. बीजजनन, अण्डाणु-उत्पादन।

ovule n. स्त्री-बीजाणु-कोशा, स्त्री-अंकुरकोष; पर्यण्ड, निषेकहीन डिम्ब, असिक्त डिम्ब, अनिषिक्त बीज, पूर्व-बीज।

ovulite n. अण्डजीवाश्म।

ovum n. आर्त्तव बीज, स्त्री बीज; स्त्रीबीज-कोषाणुक, अण्डकोशा, अण्डैक; डिम्ब, अण्डाणु, अण्ड, अंडा।

owe v.t. & i. (किसी वस्तुके लिए किसीका) ऋणी होना, ऋणबद्ध होना, (*I ~ you for your services*); आभारी होना (*we ~ to Newton the principle of gravitation*); ~ one *a grudge* किसी व्यक्तिसे बैर रखना।

owing pred. a. दातव्य, देय, देने योग्य, बाकी (*paid all that was ~*); ऋणबद्ध; परिणाम-स्वरूप, कारणसे (*all this was ~ merely to ill luck*); (prep. के रूपमें) के कारण, कारणसे (*~ to the drought, crops are short*)।

owl n. घूक, घुग्घू, उलूक, उल्लू, (*Church, Hooting, Horned, Screech ~*); आडम्बरपूर्ण व्यक्ति, बुद्धिमान् दिखनेवाला मूर्ख व्यक्ति; (*owl pigeon* भी) कबूतरकी एक सुन्दर जाति; ~-light झुटपुटा, धुँधलका।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

owler n. चोरीसे माल ले जानेवाला।
owlery n. उलूकावास, उल्लूखाना।
owlet[1] n. घूकशावक, उल्लूका बच्चा।
owlet[2] n. उलूक, उल्लू; क्षुद्रोलूक, उलूक-शावक, उल्लूका पट्ठा, बूमचा।
owling n. (इंग्लैण्डसे ऊन और भेड़का) अवैधानिक निर्यात।
owlish a. मूर्ख-सा, बेवकूफका-सा, उल्लू-सा।
own[1] v.t. & i. (किसी वस्तुका) स्वामित्व रखना, सम्पत्तिके रूपमें रखना, स्वामित्व होना, अधिकार रखना, स्वामी होना, मालिक होना, हकदार होना, विरासतके रूपमें पाना; स्वीकार करना, मान लेना, कबूल करना, अपनाना, अपना बनाना, (प्रणयन, पितृत्व अथवा स्वामित्व); अपने ऊपर लेना (*~s, to a sense of shame, to having done*); गुणावगुण स्वीकार करना, इकबाल करना, कबूलना, मानना (*~s, his deficiencies, himself indebted, he* or *that he did not know*); *~ up* (बोल०) स्पष्ट स्वीकारोक्ति देना, आत्मस्वीकृति देना, साफ-साफ तसलीम कर लेना या इकबाल कर लेना।
own[2] a. (सम्बन्धवाचक विशेषण अथवा कारकसे संयुक्त) पूर्ण स्वामित्व या अधिकारमें, स्वीय, स्वकीय, निजी, व्यक्तिगत, अपना, सगा, निजका, खुदका (*saw it with my ~ eyes*); (निर० रूपमें भी प्रयुक्त) निजी सम्पत्ति, आत्मीय जन इत्यादि (*may I not do what I will with my ~?*); (बिना पूर्वागत सम्बन्धवाचक शब्दके) सहोदर, सगा, माँजाया (जैसे, *~ sister*); ~ brother सहोदर भाई, सगा भाई, माँजाया भाई; ~ cousin सगे चाचाका लड़का; *get one's ~ back* (बोल०) बदला लेना, बदला चुकाना, जैसेके साथ तैसा करना; *hold one's ~* स्थिति सुरक्षित रखना या बचाना, पराजित न होना; *my ~* प्राणप्रिये, हृदयवल्लभे, प्रियतमे !; प्रायः अधिकार या स्वामित्व-प्रदर्शनके स्थानपर किसी विषयके व्यक्तित्वपर जोर देनेके लिए प्रयुक्त (जैसे *cooks her ~ meals*); *of one's ~* किसीका व्यक्तिगत या निजी (*I have nothing of my ~*); *on one's ~* (ग्रा०) स्वयं अपने उत्तरदायित्व या साधनों द्वारा, स्वयं अपने भरोसे, स्वतन्त्ररूपसे।
owned a. स्वाधिकृत, स्वीकृत, स्वामित्वयुक्त।
owner* n. प्रभु, स्वामी*, मालिक*, वारिस, हकदार; *~'s risk* स्वामि-दायित्व।
ownerless a. अधिकारिरहित, स्वामिविहीन, लावारिस।
ownership n. स्वामित्व, स्वत्व, प्रभुत्व, अधिकार, मिलकियत, विरासत।
ox n. (pl. *-en*) वृषभ, बैल, नरगाव, साँड़; *O~-eye* साँड़की सी बड़ी आँख; *~-eyed* एक प्रकारका पौधा; *~-fence* पशुओंके प्रवेश-अवरोधके लिए बनी हुई लोहे या काँटोंकी बाड़ या जंगला; *~-hide* वृषभ-चर्म, बैलकी खाल; *~lip* पुष्प-विशेष, (प्रच०) पीतसेवतीपुष्प एवं एक अन्य पीत पुष्पका संकरज या प्रसंकर; *~tail* गाय या भैंसकी पूँछ जिसका प्रयोग सूप बनानेमें होता है; White *~-eye* सूर्यमुखी या सूरजमुखीका फूल; Yellow *O~-eye* धान्य-गेन्दुक, गेंदेका फूल; *the black ~ has trod on one's foot* संकट आ पड़ा है; *~bird, ~blood, ~bow, ~boy, ~brake, ~-cart, ~-fly, ~gall, ~gang, ~-goad, ~-haft, ~-horn, ~-house, ~-like, ~man, ~-shoe, ~-skin, ~-tail, ~-tongue.*
oxalate n. तिग्मीय पदार्थ।
oxalic a. (रसा०) अम्लीका (पौधे)से व्युत्पन्न या व्युत्पादित; तिग्मिक; *~ acid* तिग्मिक अम्ल, अत्यन्त विषैला एवं खट्टा अम्ल।
oxen n. ox का बहु०।
oxer n. गायों बैलोंका ऊँचा पक्का बाड़ा।
Oxford n. इंग्लैण्डका विश्वविद्यालयनगर या विश्वविद्यालय-क्षेत्र; *~ blue* व्यवनीलारक्त, नीलारुणाभ असित, गहरा नीला, *~ frame* तस्वीरका फ्रेम; *~ man* ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालयमें शिक्षा-प्राप्त व्यक्ति; *~ mixture* काला धूसर वस्त्र, गहरे भूरे रंगका वस्त्र; *~ movement* कैथोलिक सिद्धान्त तथा इंग्लैण्डके चर्चके नियमों एवं रीतियोंके पुनरुज्जीवनके लिए १८३३ में चलाया हुआ आन्दोलन; *~ shirting* एक प्रकारकी वेश-सामग्री या कमीज; *~ shoes* टखनों तकके जूते।
oxgate n. पन्द्रह एकड़ भूमिकी इकाई।
oxidate v.t. & i. = OXIDIZE.
oxidation n. उपचयन, जारण, जारित करने या होनेकी क्रिया, जारकके साथ सम्मिश्रण, आक्सीकरण।
oxide n. जारेय, जारक एवं अन्य तत्त्व अथवा प्रांगारिक मूलका मिश्र।
oxidizable a. जारणीय।
oxidization n. जारण।
oxidize v.t. & i. (धातुपर) जारण करना, जारेयकी पर्त चढ़ाना, दुर्गन्धित बनाना; जारकके साथ मिश्रित करनेका कारण उपस्थित करना; मुर्चा या जंग लगाना या लगना, जंगसे कच्चा करना या होना; जारकके साथ मिश्रित होना, जारकको अपनेमें समो लेना अथवा स्वयं उसमें प्रवेश करना।
oxidized a. जारित (*~ oil*); *~ silver* जारित रजत, रजत जिसपर शुल्वेयकी पर्त चढ़ी हो।
oxidizer n. जारयिता।
oxidizing n. जारण (*~ agent*)।
Oxonian n. & a. ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालयका भूतपूर्व अथवा वर्तमान सदस्य या विद्यार्थी।
oxyacanthous a. तीक्ष्णकण्टक, तेज काँटोंवाला।
oxycarpous n. नोकदार फलवाला।
oxygen n. प्राणवायु, जारक, रंगहीन स्वादहीन गन्धहीन वाति (गैस), (अधात्विक मूलतत्त्वोंमेंसे एक मूलतत्त्व)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

oxygenant n. जारणकर्त्ता ।
oxygenate v.t. प्राणवायु भरना, जारक-साधन करना, जारककी पूर्ति करना, जारक मिश्रित करना, जारक मिलाना; श्वसन द्वारा (रक्तमें) जारकका प्रभरण करना ।
oxygenation n. जारकण, आक्सीजन भरना ।
oxygenic a. जारकीय, जारक-सम्बन्धी, आक्सीजनका ।
oxygenize v.t. = OXYDIZE.
oxygenous a. प्राणवायुवाला, जारक्य, आक्सीजन-वाला ।
oxygon n. दो न्यून कोणोंका त्रिभुज ।
oxyhydrogen a. जारोदजन-, जारोदजनीय ।
oxymel n. चुक्रमधु, सिरका और शहदका शर्बत, सिकंजबीन ।
oxymoron n. विरोधाभास अलंकार, विरोधालंकार ।
oxymuriate n. (रसा०) जार-विडीय, क्लोराइड ।
oxymuriatic a. (रसा०) जार-विडीयिक, क्लोरीनका ।
oxyopia n. तीक्ष्ण दृष्टि ।
oxyphonia n. कर्कश उच्चारण ।
oxysalt n. (रसा०) जार-लवण ।
oxysulphide n. (रसा०) जार-शुल्वेय ।
oxytone n. & a. (यूनानी व्याकरण) अन्तिम अक्षरपर तीव्र-स्वराघातवाला (शब्द) ।
oyer n. अपराधीय अन्वीक्षा; ~ and terminer न्यायकरणके लिए दौरा करनेवाले न्यायाधीशोंको प्रदत्त न्यायाधिकार ।
oyez, oyes, o yes int. (सतर्क रहनेके लिए सामान्यतः तीन बार कहा जानेवाला विस्मयसूचक पद) ।
oyster n. शुक्ति, खाद्यशुक्ति, घोंघा, (एक प्रकारकी सीप जो खायी जाती है), कस्तूरा मछली; (भक्ष्यद्विपुट कोमल देहधारी पशुकी एक जाति) घेंघा; मुर्गेके पृष्ठभागमेंका शुक्तिके आकारका मांस-खण्ड; ~-bank, -bed शुक्ति-तट, शुक्तितल; ~-bar शुक्तिविक्रय-पटल, रेस्तराँ इत्यादिकी वह मेज जहाँ खाद्य-शुक्तियाँ परसी जाती हैं; ~-catcher शंखिनी, चीनशंखिनी, जलचर समुद्री पक्षी-विशेष; ~-knife शुक्ति-छुरी, खाद्य-शुक्तियोंको खोलनेके लिए विशेष आकारकी छुरी; ~ patty पेस्ट्रीका टुकड़ा जिसमें पक्व शुक्ति रहती है ।
ozena n. (चिकि०) पीनस, नजला, नाककी बीमारी ।
ozocerite, ozokerite nn. (खनि०) भूसिक्थ, असली मोम ।
ozone n. (ला०) अनन्ददायक प्रभाव, सुखकारी प्रभाव; प्रजारक, व्यूहाणुसे सम्बद्ध गैस, ओजोन ।
ozonic, ozoniferous aa. प्रजारकीय ।
ozonize v.t. प्रजारक-साधन करना ।
ozonizer n. प्रजारक-साधित्र ।
ozonometer n. प्रजारकमान ।

P

P (pl. *Ps, P's*) अँग्रेजी वर्णमालाका सोलहवाँ अक्षर, प; *mind* one's ~*'s & Q's* अपने आचरणके प्रति सावधान रहना, अपने सद्व्यवहारके प्रति सतर्क रहिये ।
pa n. (बोल०) दे० PAPA.
pabular a. पौष्टिक, आहार-विषयक, भोजन-सम्बन्धी, खूराकका, खानेका ।
pabulous a. पौष्टिक, आहार-सम्पन्न ।
pabulum n. आहार, भोजन, खूराक, खाना, चारा ।
paca n. अमरीकी मूस ।
pacable a. तृप्य, तृप्त करने योग्य, शान्त करने योग्य; क्षमा करने या पानेको इच्छुक ।
pacation n. तृप्तीकरण, सन्तुष्टीकरण, क्षमा करनेकी इच्छा ।
pace[1] n. पद, पग, डग, कदम; पगका अन्तर (लगभग ३० इंच), फाल, दोहरा कदम; गतिवेग, पदक्रम, गतिक्रम, चलने या दौड़नेकी रफ्तार; (प्रायः ला०) प्रगति, उन्नतिकी गति, तरक्कीकी रफ्तार; मार्ग; चलन, चाल; (घोड़ेकी) कदमचाल; ~-maker गतिकारक, गति-नियामक; अश्वारोही, अश्वधावक; ~-stick (सेना०) गतिमापक उपकरण; *go the* ~ तीव्रवेगसे चलना, बहुत तेज चलना; (ला०) भ्रष्टाचारमें लिप्त होना; *keep* ~ समगतिसे चलना, साथ-साथ चलना, बराबर चलना; *put person through his* ~*s* (ला०) कार्य द्वारा व्यक्तिकी परीक्षा करना ।
pace[2] v. i. & t. चलना, समगतिसे चलना, गतिक्रममें चलना, धीरे-धीरे चलना; घूमना; पगोंसे नापना, कदमोंसे मापना; (घोड़ेका) धीमी चालसे चलना; मौजमें कदम बढ़ाना; चलाना ।
paced a. समगति, समगामी, एकरसचालवाला; पदक्षेप-मापित, गति द्वारा नापा हुआ ।
pacer n. गतिनियामक अश्व, कदमबाज घोड़ा ।
pacha n. = PASHA.
pachometer n. = PACHYMETER.
pachycephalous a. बृहन्मुण्डी, स्थूलशीर्ष, बड़े सिरवाला ।
pachyderm n. स्थूलचर्मका पशु, मोटी चमड़ीका जानवर, जुगाली न करनेवाला जानवर (जैसे, हाथी, घोड़ा); (ला०) अचेतन व्यक्ति, संवेदनाशून्य व्यक्ति; मोटी चमड़ीवाला आदमी ।
pachydermatous a. स्थूलचर्मधारी, मोटी खालका; संवेदनशून्य, अचेतन ।
pachydermia n. त्वग्वर्ध, चर्मवृद्धि, चमड़ा बढ़नेका रोग ।
pachymeter n. स्थूलित्र, स्थूलतामापक-यन्त्र ।
pacifiable a. प्रशम्य, शान्त करने योग्य ।
pacific a. शान्त, प्रशान्त; शान्तिमय, निरुद्वेग, स्थिरचित्त, शान्तशील, सान्त्वनाशील; P~ Ocean प्रशान्त महासागर ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

pacificate v.t. सान्त्वना देना, शान्ति देना।

pacification n. सान्त्वना, प्रशमन, प्रसादन, ढाढस; शान्तिस्थापन, अमन कायम करना; शान्तिसन्धि, सुलहनामा।

pacificator n. शान्तिस्थापक, शमक।

pacificatory a. शमक, शान्तिप्रद, शान्तिकर।

pacificism, pacifism nn. शान्तिवाद, युद्धनिवृत्तिवाद।

pacificist, pacifist nn. शान्तिवादी, युद्धनिवृत्तिवादी, शान्तिवादका समर्थक।

pacificity n. शान्ति; शान्तिवाद, युद्धनिवृत्तिवाद।

pacifier n. शमक, शान्ति लानेवाला, समझौता करानेवाला।

pacify v.t. प्रशमित करना, शान्त करना, सान्त्वना देना, ढाढ़स देना, मनाना; शान्ति-व्यवस्था लाना।

pack[1] n भार, बोझ; चय; गठरी, पोटली, बुकचा, मोट; परिवेष्टन, गट्ठा; मण्डली, समूह, दल, गुट, समुदाय, वृन्द, गण (जैसे, ~ *of fools, dogs, nonsense,* etc.); (रग्बी फुटबाल) फारवर्ड खिलाड़ी; ताशकी गड्डी; मछली या फल आदिका विशेष परिमाण; पैकिंगका ढंग; ~-drill सैनिक दण्ड, दलेल; ~-horse भारवाही अश्व, लद्दू घोड़ा, टट्टू; ~-ice तैरते हुए हिमखण्डोंका समूह; ~man फेरीवाला; ~-saddle पालान, खुगीर, खुरजी; ~thread (पैकिंग करनेका) मोटा डोरा, सुतली; ~-train लद्दू जानवरोंकी गाड़ी; ~-twine दे० PACKthread;

~ animal, ~ buffalo, ~ bullock, ~ cattle, ~-mule, ~-train, ~way.

pack[2] v.t. & i. गठरी बाँधना, बण्डल बाँधना, पैक करना या होना; (मांस, फल आदि) डिब्बेमें बन्द करना; ठूँसना, कसकर भरना, कसना, जकड़ना; (शिकारी कुत्तोंका) दल बनाना; (ताशके पत्तोंकी) गड्डी बनाना; समुदाय बनाना, झुण्ड बनाना; जमघट होना, भराई करना, खचाखच भर जाना; संवेष्टित करना, वेठन बाँधना; गीले कपड़ेमें लपेटना; (घूँसेबाजी) प्रबल मुक्का देने योग्य होना; सोपकरण विदा हो जाना, बोरिया-बिस्तर बाँधकर तैयार होना (*up* के साथ), गठरी समेत भाग खड़ा होना, चम्पत होना, चल देना, ~ *off* प्रस्थान कराना, रवाना करना, बोरिया-बिस्तर बँधवाना; ~ *up* (ग्रा०, इंजनका) समाप्त हो जाना, बेकार हो जाना।

package[1] ⊙ n. संवेष्टन, संवेष्ट, गठरी, बण्डल, पुलिन्दा, बुकचा, मोट, पार्सल (प्रायः ~*s* ⊙), (सामानसे भरा) सन्दूक।

package[2] v.t. गठरी बाँधना, बण्डल बाँधना, पुलिन्दा बनाना, मोट बनाना, पार्सल करना, सन्दूकमें बन्द करना; संवेष्टित करना, लपेटना।

packed a. संवेष्टित, संचित, बँधा हुआ (~ *goods*); संकुल, भरा हुआ (~ *house*)।

packer n. संवेष्टक, बन्धक, बण्डल बनानेवाला; (~ *coolie*); (मांस, फल) डिब्बोंमें भरनेवाला (व्यक्ति); संवेष्टित्र, पैकिंगकी मशीन।

packet n. पत्रवेष्टन, संवेष्टिका, संवेष्ट, पुलिन्दा, छोटा बण्डल, मुट्ठा, पैकेट; (सट्टेकी) अल्पधनराशि; ~-boat (or *ship*) डाककी नाव (या जहाज)।

packing n. संवेष्टन, बण्डल बनाना, पुलिन्दा बाँधना, बँधाई; संवेष्टन-सामग्री; संकुलन, निपूरण, भराई, बत्ती भरना; तैलशोषक वस्तु; ~-needle सूजा; ~ sheet (*pack sheet*) पैकिंग करनेका वस्त्र; (जलचिकित्सामें प्रयुक्त) गीला वस्त्र; *send* person ~ तत्काल कार्यमुक्त करना, खड़े-खड़े निकालना;

~ account, ~ case, ~ charges, ~ conditions, ~ effect, ~ energy, ~ fraction, ~ gangs, ~ jury, ~ material, ~ needle, ~ note, ~ paper, ~ pieces, ~ press, ~ ring, ~ shed.

pact n. & v.t. संविदा (करना), बन्धेज (करना), पाशक (करना), प्रतिश्राव (करना), सन्धि (करना), वचनपत्र (लिखना), समझौता (करना), सुलहनामा (लिखना), इकरारनामा (करना); peace ~ सन्धिपत्र।

paction[1] n. संविदा, बन्धेज, पाशक, प्रतिश्राव, समझौता, सुलहनामा, इकरारनामा।

paction[2] v.t. समझौता करना।

pactional a. संविदीय, संविदा-विषयक, बन्धेज-विषयक, पाशक-विषयक, प्रतिश्राव-सम्बन्धी, समझौतेका, सुलहनामेका, इकरारनामेका।

pad[1] n. राजपथ, राजमार्ग, पंथ, मार्ग, सड़क, रास्ता, राह (जैसे, *gentleman of the* ~); बटमार, डाकू, लुटेरा।

pad[2] n. तल्प, चय, लेखनचय, पत्रावली (जैसे, *writing* ~); मसीतल्प, सोखता, पैड (जैसे *ink*-~); उपबर्ह; पूर; (फलोंको नापनेकी) एक टोकरी; उपधान, पलान, चारजामा, जीन, नरम जीन; मसनद, गद्दी, भराव; (क्रिकेट इत्यादिमें चोटसे रक्षा करनेके लिए) पैड, गद्दी; (चौपायोंके पैरकी) मांसल गद्दी, तलवेका मांसल भाग; (सामान, औजार, जेवर आदि रखनेका) गद्दीदार कोष्ठक, खाना।

pad[3] v.t. & i. अन्दर गद्दी भरना, गद्देकी तह देना; (वाक्य आदिमें) व्यर्थके शब्द भरना; ~ed cell पागलखानेका गद्दीदार दीवारोंवाला कमरा; ~ *it,* ~ *the hoof* (ग्रा०) पदयात्रा करना, पा-प्यादे चलना।

pad[4] v. i. पैदल यात्रा करना, पा-प्यादे चलना; भ्रमण करना, कदम रखना, चलना।

padding n. गद्दी, गद्दा; भरती या व्यर्थका शब्द; भराई; ~ken चोरोंकी खोह।

paddle[1] n. क्षेपणी, चप्पू, नौका-दण्ड, डाँड़; छोटा बेलचा; बेलचेके आकारका अन्य औजार; मछलीके पंख, पर, बाहु; कछुएके पैर; नाव खेना, खेनेकी एक बारी; ~-wheel क्षेपणी-चक्र, नौका-चलनी;

~-beam, ~-boat, ~-board, ~-box, ~-cock, ~fish, ~-shaft, ~-wheel, ~wood.

paddle[2] v. i. & t. डाँड़ या चप्से (छोटी नाव) खेना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(धीरे-धीरे) नाव खेना; (पंखोंसे) पानीमें तैरना; जलक्रीड़ा करना, उथले जलमें पाँवसे छप-छप करना; पैडिल चलाना; डगमगाकर (*in, on, about* के साथ) ठुमुक-ठुमुककर चलना, चलना।

paddler n. चालक, चलानेवाला, पैडिल मारनेवाला; नाविक, खेवैया, खेनेवाला।

paddock n. दादुर, मण्डूक, मेंढक; वाटिका, वाड़ी, छोटा मैदान, छोटा खेत; दौड़का मैदान, घोड़ोंके एकत्र होनेकी जगह।

paddy[1] n. धान्य, शाली, धान;
~-bird, ~-field warbler ~ husk, ~-husking, ~ separator.

Paddy[2] n. आयरलैण्डके निवासियोंका उपनाम।

paddy[3], **paddywhack** nn. (बोल०) रोष, खीझ।

padella n. (विशेष प्रकारका) बासन, भाजन, पात्र, बर्तन।

Padishah, Padshah n. सम्राट्, शाह, बादशाह, महाराजा।

padlock[1] n. ताला, वियोज्य ताला, कुफल।

padlock[2] v.t. ताला लगाना, कुफल बन्द करना।

padouk n. पडूक वृक्ष, पडूक पेड़; पडूक काष्ठ, पडूक-की लकड़ी।

padre n. पिता, (ईसाई) पुरोहित, पादरी।

padrone n. (इटलीका) जहाजका सरदार।

paduasoy n. एक मजबूत रेशमी कपड़ा।

paean n. प्रशस्ति, स्तुतिगान, विजयगीत, जयशब्द, जयध्वनि, जयघोष, जयगान; (मोक्षके लिए कृतज्ञता प्रकाशनका) स्तोत्र या गान।

paederast n. पुरुष-मैथुन-कर्ता, लौण्डेबाज।

paederasty, ped- n. पुरुष-मैथुन, लौण्डेबाजी।

paedeutics n. (pl.) शैक्षिकी, शिक्षा-शास्त्र, शिक्षा-विज्ञान।

paediatric a. बालरोग-सम्बन्धी; ~ centre बाल-चिकित्सा-केन्द्र।

paediatrics n. बालरोगविद्या, शिशु-स्वास्थ्य-विज्ञान।

paedobaptism n. (ईसाइयोंका) शिशु-नामकरण-संस्कार, बपतिस्मा।

paedobaptist n. नामकरण-संस्कर्ता, बपतिस्मा करानेवाला।

paedology n. शिशु-चिकित्सा-शास्त्र।

paeon n. चतुरक्षर पद, चार अक्षरोंवाला पद।

pagan[1] n. विधर्मी व्यक्ति, देवतापूजक; मूर्त्तिपूजक, प्रतिमापूजक, काफिर, पेगन; अबोध व्यक्ति।

pagan[2] a. अन्धविश्वासी, मूढ़, अबोध।

pagandom n. पेगन संसार, पेगनवर्ग।

paganish a. अन्धविश्वासी, काफिर; मूर्त्तिपूजा-विषयक।

paganism n. देवतार्चन, प्रतिमापूजन, मूर्त्तिपूजा, पेगन धर्म; मूढ़ता।

paganize v.t. & i. अन्धविश्वासी बनाना; मूर्त्तिपूजा करना; मूर्तिपूजक या पेगन बनाना, काफिर बनाना; मूढ़ होना।

page[1]* n. पृष्ठ*, पन्ना*, पेज, सफा; ला० (इति०के एक पृष्ठमें आनेवाली) स्मरणीय घटना; ~-proof पृष्ठांकित प्रतिमान या प्रूफ।

page[2] n. बालभृत्य, किंकर, परिचर, लौंडा, छोकरा, टहलुआ, चाकर, पेज।

page[3] v.t. पृष्ठांकित करना, पृष्ठसंख्या लगाना, पन्नोंपर नम्बर डालना।

page[4] v.t. बालभृत्य द्वारा बुलवाना, टहलुए द्वारा याद करना⊙; सेवा करना, भृत्यबालका काम करना।

page[5] n. आँकड़ा, काँटा।

pageant n. चमत्कारपूर्ण दृश्य, भव्य समारोह, सुन्दर जलूस, शानदार तमाशा· स्वाँग, लीला; (किसी स्थानके इति०का सूचक) आकर्षक प्रदर्शन; (ला०) आडम्बर, शोभा, कौतुक, तड़क-भड़क, धूमधाम, दिखावा।

pageantry n. दे० PAGEANT.

paged a. पृष्ठांकित।

pagehood, pageship nn. बालभृत्यता, सेवावृत्ति, टहलुआपन।

paginal a. पृष्ठ-सम्बन्धी, प्रतिपृष्ठ, पन्नेवार; पृष्ठोंका, पन्नोंका।

paginary a. प्रतिपृष्ठ, पन्नेका।

paginate v.t. पृष्ठ डालना, पन्नेका अंक लगाना।

pagination n. पृष्ठांकन।

paging n. पृष्ठांकन, पृष्ठसंख्या लगाना; पृष्ठसंख्या (~ *machine*)।

pagoda n. मेरुमन्दिर, शिवालय, देवालय, धौरहर, पैगोडा; मन्दिरकी आकृतिका शुण्डाकार खिलोना; (किसी समय दक्षिण भारतमें प्रचलित) स्वर्णमुद्रा-विशेष; ~-tree देववृक्ष, कल्पवृक्ष, पारिजात; *shake the ~-tree* द्रुतगतिसे धनार्जन करना, शीघ्र ही रुपया बटोरना।

pagri n. पगड़ी।

pah int. (घृणा, अरुचि, तिरस्कार-सूचक) छिः!

paid a. शोधित, दत्त, भुगतान किया, चुका दिया; वैतनिक (~ *servant*); ~ up capital प्रदत्त पूँजी, चुकता मूलधन।

paideutics n. = PAEDEUTICS.

paidology n. = PAEDOLOGY.

pail n. कलश, कलसा, गगरा, घड़ा, बाल्टी; शौचपात्र; (दूध पानी आदिका) वह परिमाण जो एक घड़ेमें आ सके (जैसे, *half a ~ of milk*)।

pailful n. गगराभर, घड़ाभर।

paillasse, palliasse nn. फूसकी चटाई, शुष्क तृणका तोशक, सूखे पुआलका गद्दा।

paillete n. = SPANGLE.

pain[1]* n. पीड़ा*, व्यथा, क्लेश, सन्ताप, परिताप, उद्वेग, व्याधि, मनस्ताप, मनोव्यथा, वेदना, दर्द, तकलीफ; प्रसववेदना; (pl.) कष्ट, दुःख, बखेड़ा, परेशानी, मेहनत (विशे० *be at the ~s of doing*); दण्ड, सजा (जैसे, *~s and penalties*); ~-killing पीड़ाहर (ओषधि); ~-spots पीड़ाबिन्दु; *for one's ~s* कष्टके लिए

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(पारितोषिक या धन्यवाद इत्यादि); *on, or under ~ of death* प्राणदण्डकी चिन्तामें; *no ~s no gains, no gains without ~s* बिना सेवाके मेवा नहीं।

pain[2] v.t. & i. पीड़ा देना, क्लेश पहुँचाना, दुःख पहुँचाना, दर्द पैदा करना, कसकना, मनस्ताप होना, सताना; बेचैन करना, दुखना, दर्द करना।

pained a. पीड़ित, व्यथित, संतप्त, परितप्त, आर्त्त।

painful a. दुःखी, व्यथायुक्त, आर्त्त, पीड़ावह, कष्टजनक, व्यथाकर, दुःखदायी; दुःखद, क्लेशकर, दर्दीला; श्रमसाध्य, कष्टसाध्य, कठिन।

painfulness n. पीड़ावहता, कष्टजनकता, दुःखदता, क्लेशकरता, दर्दीलापन; दुःख।

painless a. पीड़ाहीन, कष्टरहित, दुःखहीन, क्लेश-रहित।

painlessness n. पीड़ाहीनता, कष्ट-राहित्य, दुःख-हीनता, क्लेशाभाव।

painstaker n. उद्यमी पुरुष, उत्साही व्यक्ति; सतर्क व्यक्ति, सावधान पुरुष; परिश्रमी पुरुष, मेहनती आदमी।

painstaking a. उद्यमशील, उद्यमी, उत्साही; सतर्क, सावधान; उद्योगी, परिश्रमी, मेहनती।

paint[1]* n. रंग*, रंगलेप, आलेपन, पेंट; रोगन, रंगचित्र; अधिलेप, उबटन, पाउडर; *pretty as ~* अतिसुन्दर; ~-bespattered, ~-box, ~-brush, ~-filler, ~-pot, ~-splashed, ~-spotted, ~-strained, ~ work.

paint[2] v.t. रंगलेप करना, रोगन लगाना, रंगना, रंग भरना, आलेपन करना; रंगचित्र तैयार करना, नक्काशी करना; निरूपित करना, अंकित करना, चित्रित करना; *~ out* (किसी वस्तुको मिटानेके लिए उसपर) रंग फेरना; *~ the lily* सुन्दर वस्तुको अधिक सुन्दर बनानेकी चेष्टा करना; *~ the town red* सनसनी फैलाना।

paintable a. रँगने योग्य, चित्रकारीके लायक।

painted a. रंगलिप्त, चित्रांकित; अंकित, निरूपित, चित्रित, वर्णित (*not so black as he is ~*); चित्रगत, आलिखित; चित्रवर्ण (*~ bat, bird*); P~ Lady नारंगी रंगकी तितली।

painter n. चित्रकार, रंगलेपक, रंजक, नक्काश, रंगसाज; नावके अग्रभागमें बँधी रस्सी; *~'s colic* अन्त्रशूल, (काम करनेके कारण चित्रकारका) उदरशूल; *cut the ~* (विशे० उपनिवेशका) सम्बन्धविच्छेद करना।

painting n. चित्रकारी, चित्रकर्म, चित्रविद्या, चित्रकला, रंगलेपन, नक्काशी, रँगाई; आलेखन, वर्णन; चित्र।

paintress n. चित्रकर्त्री, महिला चित्रकार; रंगसाज औरत।

pair[1] n. युग्म, यमल, द्वय, जोड़ा; वे वस्तुएँ जिनकी एक जोड़ी होती है (*~ of scissors, tongs, trousers*); दम्पति, पति-पत्नी, मियाँ-बीवी, नर-मादा; जोड़ीदार (*where is the ~ to this stockings*); ~-oar (दो डाँड़ोंसे खेयी जानेवाली) नाव; *~ royal* एक ही नामके तीन ताशके पत्ते; one, two, three, *-~ front or back* पहली, दूसरी, तीसरी मंजिलका कमरा।

pair[2] v.t. & i. जोड़े या जोड़ियाँ मिलाना; जोड़ियोंमें विभक्त करना या होना; (प्रेमी-प्रेमिका) का विवाह होना; दम्पतिरूपमें बँधना, मियाँ-बीवीका मिलना; (पशुओंका) नर या मादा ढूँढ़ लेना; मैथुन करना, संसर्ग करना या होना; (बोल०) ब्याहना, शादी करना; जोड़ा बनाना, जोड़ना, जुड़ना; *~ off* जोड़ोंमें विभक्त करना।

paired a. युग्मित, युग्ममय, जोड़ोंमें विभक्त, एक ही प्रकारकी दो वस्तुओंसे सज्जित (*~ appendage*)।

pairing n. युग्मन (*~ time*)।

pairwise adv. युग्मानुसार, जोड़ोंमें।

pajamas n. = PYJAMAS.

pakeha n. (आस्ट्रेलियामें) अँग्रेज, इंग्लिस्तानी; यूरोपियन; विदेशी।

pal[1] n. सहचर, संगी, सहवासी, बन्धु, मित्र, साथी, दोस्त।

pal[2] v. i. (प्रायः *~ up*) सहचर बनना, सहवासी होना, बन्धु बनना, मित्र होना, दोस्त बनना; मिलना-जुलना, साथ-साथ उठना-बैठना।

palabra n. निरर्थक वार्ता, बकवास, गप्प; चाटूक्ति, चापलूसी, खुशामद; घिस्सापट्टी, चिट्टा।

palace n. प्रासाद, राजभवन, सौध, राजमन्दिर, राजगृह, महल; प्रधान विशपका प्रासाद; विशाल भवन, शानदार इमारत; शानदार होटल, बड़ा सिनेमाघर; *~ car* प्रासादयान, शाही कार, सुखसुविधापूर्ण गाड़ी; *~ de danse* नाचघर।

paladin n. सामन्त भट, दौरा करनेवाला योधा।

palaearctic n. उदीची समशीतोष्ण प्रदेश, उदीची समशीतोष्ण कटिबन्ध।

palaeichthyology n. मत्स्यावशेष-शास्त्र, मत्स्याव-शेष-विज्ञान, मछलियोंके अवशेषोंकी जानकारी।

palaeobotany n. वनस्पत्यवशेष-शास्त्र, वनस्पत्यवशेष-विज्ञान, वनस्पतियोंके अवशेषोंकी जानकारी।

palaeocrystic a. चिरहिमीय, चिरहिम-विषयक, अक्षुण्णहिम-सम्बन्धी, शाश्वतहिम-विषयक।

palaeogeography n. प्रागैतिहासिक भूगोल-विद्या।

palaeograph n. प्राचीन हस्तलेख, पुरातन पाण्डु-लिपि।

palaeographer n. पुरालिपिशास्त्री, प्राचीन-लेखशास्त्री।

palaeographic a. पुरालिपिशास्त्र-सम्बन्धी, प्राचीन-लेख-सम्बन्धी।

palaeography n. पुरालिपिशास्त्र।

palaeolith n. पूर्वप्रस्तरयुगीन अस्त्र, पूर्वपाषाणकालीन हथियार।

palaeolithic a. पुराप्रस्तरयुगीन, प्राचीन प्रस्तर-युगका।

palaeology n. पुरातत्त्व।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

palaeontographical a. अवशैषिकीय, अवशैषिकी-विषयक, अवशेष-विज्ञान-विषयक, अवशेष-शास्त्र-सम्बन्धी।
palaeontography n. अवशैषिकी, अवशेष-विज्ञान, अवशेष-शास्त्र।
palaeontological a. लुप्तप्राणिशास्त्र-सम्बन्धी।
palaeontologist a. & n. पुराप्राणिशास्त्रज्ञ, पुरासात्त्विकीविज्ञ, लुप्तजीवविज्ञानी।
palaeontology n. पुराप्राणिशास्त्र, जीवाश्मविज्ञान, पुरासात्त्विकी, लुप्तजन्तुविद्या।
palaeozoic a. पुराकल्पीय, आदिमजीवावस्था-विषयक, आदिमभूगर्भीय युगका; ~ era पुराकल्प, आदिजीवकल्प।
palaeozoology n. पुराप्राणिविज्ञान।
palaestra, pales- nn. व्यायामशाला, मल्लशाला, मल्लभूमि, अखाड़ा।
palaestric a. मल्लयोधनीय, मल्लयुद्ध-विषयक, कुश्ती-सम्बन्धी; मल्लयोधन-प्रशालकक्षीय, मल्लयुद्ध-प्रशालकक्ष-सम्बन्धी।
palafitte n. (इटलीमें) अतीतकालीन सरित्निवास, प्रागैतिहासिक सरोवर-आवास।
palanquin, -nkeen n. शिविका, नालकी, पालकी, डोली, खड़खड़िया।
palas n. (हिन्दी) पलाश।
palatability n. = PALATABLENESS.
palatable a. आस्वाद्य, स्वादु, सुरस, स्वादिष्ठ, रसीला, मजेदार, जायकेदार; सरस, रुचिकर।
palatableness n. आस्वाद्यता, स्वादुता, स्वादिष्ठता, जायकेदारी; सरसता, रोचकता।
palatal[1] n. तालुकी ध्वनि, तालव्य शब्द।
palatal[2] a. तालुज, तालव्य, तालुका।
palatalize v.t. (जिह्वाको कठोर) तालुके साथ करके बोलना, तालव्य करना।
palate n. तालु, तालू, काकुद (*hard, soft*, ~); स्वाद, मजा, जायका; अभिरुचि, पसन्द।
palatial a. प्रासादतुल्य, महल-जैसा; भव्य, विशाल, राजसी, शाही, शानदार।
palatiform a. तालुरूप, तालुसम, ताल्वाकार, ताल्वाकृति, तालु-सदृश, तालु-जैसा।
palatinate n. स्वतन्त्र राज्य, रियासत, जागीर, इल्का; नीललोहित-रंग।
palatine[1] n. प्रासाद; (स्त्रियोंका) रोएँदार गुलूबन्द; (pl.) ताल्वस्थि, तालव्य अस्थियाँ; (*County P*~) (काउण्टका) राज्यक्षेत्र।
palatine[2] a. स्वतन्त्र, रईसी, अमीर-सम्बन्धी; तालव्य, तालुकीय, तालुका;
~ artery, ~ black, ~ bone, ~ branch, ~ canal, ~ nerve, ~ process, ~ red, ~ scarlet, ~ teeth.
palatize v.t. = PALATALIZE.
palatogram n. तालुचित्र, तालुलेख।
palaver[1] n. अधिवेशन, सम्मेलन; पंचायत, दीर्घ वाद-विवाद, लम्बी-चौड़ी बहस; निरर्थक वार्ता, बकवास; चाटूक्ति, चापलूसी, खुशामद; घिस्सापट्टी, चिट्ठा, धन्धा, काम-काज।
palaver[2] v. i. & t. निरर्थक वार्ता चलाना, बातें बनाना, बकवास करना; चाटूक्ति करना, चापलूसी करना, खुशामद करना; घिस्सापट्टी देना; चिट्ठा देना।
palaverer n. दीर्घ विवाद करनेवाला, लम्बी-चौड़ी बहस करनेवाला; निरर्थक वार्ता करनेवाला; खुशामदी आदमी, चापलूस आदमी, घिस्सापट्टी देनेवाला व्यक्ति, चिट्ठा भिड़ानेवाला आदमी।
pale[1] n. सीमा, हद; बाड़ा, कटघरा, घेरा, अहाता; खूँटा, मेख; (बाड़े या अहातेकी) शलाका, शूल, नोकदार छड़; (विशे०, ला०) वेष्टन, ढालके बीचकी ऊर्ध्वाधर पट्टी।
pale[2] v. i. & t. पाण्डु हो जाना, पीला पड़ जाना, विवर्ण हो जाना; निष्प्रभ हो जाना, फीका पड़ जाना, बेरौनक हो जाना; निष्प्रभ कर देना, पीला कर देना, फीका कर देना; घेरना।
pale[3] a. पाण्डु, पाण्डुर, विवर्ण, पीला; क्षीण; अस्पष्ट, मन्द, धुँधला; निष्प्रभ, कान्तिहीन, तेजहीन, बेरौनक; फीका, हलका, धीमा; ~-ale हल्के रंगकी सुस्वादु कड़वी शराब; ~buck कृष्णसार (हरिण);
~belly, ~-blooded, ~ blue, ~ blue fly-catcher, ~ blue mantle, ~breast, ~ bright, ~ brown shrike, ~ brown swift, ~ bush-warbler, ~ catechu, ~-cheeked, ~-coloured, ~ crag-martin, ~-dead, ~ ~-eared, ~ eastern sparrow hawk, ~-eyed, ~ face, ~-faced, ~ green, ~ grey cuckoo-shrike, ~ harrier, ~-headed wood-pecker, ~-hearted, ~-horned lark, ~-hued, ~-leaved, ~-legged willow-warbler, ~-looking, ~-reddish, ~-red poppy, ~-refined, ~ rose, ~-souled, ~ spiny mouse, ~-spirited, ~-spotted, ~-stripped, ~ thrush, ~-tinted, ~ tussock moth, ~ vision, ~wood violet, ~ yellow, ~-yellowish rose.
paleaceous a. सतुष, तुषयुक्त, भूसीदार।
paled a. मेखदार, बाड़ेकी छड़ोंसे युक्त।
paleness n. पाण्डुता, पाण्डुरता, विवर्णता, पीलापन; क्षीणता; अस्पष्टता, मन्दता; निष्प्रभता, तेजहीनता; फीकापन, हलकापन, धीमापन।
Palestinian a. & n. फिलस्तीनी, फिलस्तीनका (निवासी)।
palestra n. = PALAESTRA.
paletot n. पैलीटॉट, एक प्रकारका ढीला ओवरकोट।
palette n. रंग; रंगपट्टिका, रंगकी तख्ती; ~-knife रंगमिश्रण-क्षुरिका, रंग मिलानेकी छुरी।
palfrenier n. अश्वरक्षक, अश्वपालक, साईस।
palfrey n. क्षुद्राश्व, टट्टू, स्याना, (महिलाओंका या

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

साधारण सवारीका) घोड़ा।

palfreyed a. (महिला) अश्वपर आरूढ़, अश्वसज्जित, घुड़सवार।

Pali n. पाली (भाषा)।

palilogy n. शब्दावृत्ति, शब्दपुनरुक्ति।

palimpsest[1] n. लेखन-सामग्री, पाण्डुलिपि, मूल लेख।

palimpsest[2] a. मूलांकित, हस्तलिखित।

palindrome[1] n. भुजबन्ध छन्द, मुरजबन्ध।

palindrome[2] a. भुजबन्ध छन्दयुक्त।

palindromic a. भुजबन्धीय।

paling n. आवरण, कठघरा, बाड़ा, अहाता, घेरा; वृत्तिदण्ड, बाड़ेकी लकड़ियाँ या छड़ें।

palingenesia n. नवजीवन, नया जन्म, पुनर्जन्म, पुनरुत्थान।

palingenesis n. (जीववि०) पित्र्यजनन; पुनर्जन्म, पुनरुज्जीवन; पुनःस्थापन; (शा० एवं ला०) पुनर्जागरण, पुनरुत्थान।

palingenetic a. पित्र्यजनन-विषयक, पुनर्जन्म-सम्बन्धी, पुनर्जनन-सम्बन्धी।

palinode n. प्रत्याख्यानयुक्त कविता (जिसमें कवि अपनी पूर्वोक्तिका खण्डन करता जाता है); प्रत्याख्यान, खण्डन।

palisade[1] n. अवरोध, आवरण, वलय; लकड़कोट, कठघरा, बाड़, घेरा, जँगला; स्कम्भ, खम्भा, मजबूत लट्ठा; ~ worm अश्वकीट, घोड़ेकी किलनी।

palisade[2] v.t. संवृत्त करना, कठघरा लगाना, बाड़ा घेरना, (नुकीले) छड़ोंसे मोर्चाबन्दी करना।

palish a. आपाण्डु, पीताभ, पीला-सा।

palki n. = PALANQUIN.

pall[1] n. परिच्छद, प्रेतपट, शवाच्छादन, कफन; पर्दा; ऊनी लबादा; (ला०) लबादा, चोगा; ~-bearer शवाच्छादन करनेवाला, कफन थामनेवाला।

pall[2] v. i. & t. (अब केवल ला०) स्वादहीन करना या होना, नीरस करना या होना, बेमजा हो जाना; (अब केवल ला०) परितृप्त करना या होना, अघाना, छका देना; हिम्मत हारना, जी चुराना; ~ *on* (*upon*) रुचि न रखना।

palladic a. पलेडियम-विषयक, पालास देवताकी मूर्त्तिका; अभिरक्षा-विषयक, आश्रय-सम्बन्धी; निचूषातवीय, निचूषातु-विषयक, निचूषातु-सम्बन्धी।

palladium n. (pl. *-ia*) पैलेडियम, पालासदेवताकी मूर्ति, पुरदेवता, रक्षादेवता; रक्षा, अभिरक्षा, आश्रय; निचूषातु।

pallescence n. पीतता, पीलापन।

pallescent a. पीला होनेवाला।

pallet n. गद्दा, तोशक, सथरी, बिछावन; तृण-शैया; थापी, ठोंकनी; रंगपट्टिका, रंगकी तख्ती; अरगन बाजेका कपाट या खुलमुदन।

pallial a. अम्बरिकीय, प्रावार-विषयक, चोगा-सम्बन्धी, लबादेका; (जीववि०) प्रावार- (~ *cavity*, *nerve*)।

palliasse n. दे० PAILLASSE.

palliate v.t. (सान्त्वना द्वारा) दुःखशमन करना, ढाढ़स देना; दोष शान्त करना; अल्प करना, कम करना, घटाना, हल्का करना; आराम पहुँचाना, तसल्ली देना; बहाना करना।

palliation n. (रोगका) उपशमन, सान्त्वना, अल्पीकरण, प्रशमन, शान्ति, उपशम, ढाढ़स, तसल्ली; दोषशमन, दोषमार्जन।

palliative[1] n. (रोगकी) उपशामक औषध; आरामदेह चीज़; पापशमन।

palliative[2] a. सान्त्वनादायक, शान्तिप्रद, शमनकर, शामक; ढाढ़स देनेवाला; दोषको घटानेवाला।

palliatory a. अल्पीकारक, उपशामक, सान्त्वनाप्रद, ढाढ़सदार, तसल्ली देनेवाला, राहत देनेवाला।

pallid a. पाण्डु, पाण्डुर; निष्प्रभ, विवर्ण, पीला, फीका।

pallidity, pallidness nn. पाण्डुरता, पाण्डुता; निष्प्रभता, विवर्णता, पीलापन, फीकापन।

pallium n. प्रावार, यूनानी लबादा, चोगा, अम्बरिका, पैलियम।

pall-mall n. गेंदका खेल-विशेष, पैल-मैल।

pallor दे० PALLIDNESS.

pally a. (बोल०) मित्रवत्।

palm[1] n. ताल, ताड़, खजूर, खजूरकी शाखा; सर्वश्रेष्ठता, सर्वोच्चता, सर्वोपरिता (*bear the* ~); ~-butter खजूरका जमा हुआ तेल; ~house (खजूर तथा अन्य ऊष्णदेशीय) पौधोंके लिए काचगृह; ~-oil खजूरका तेल; उत्कोचधन, रिश्वतकी रकम; P~-Sunday ईस्टरके पूर्वका रविवार; ~-wine ताड़ी; ~-cat, ~-civet, ~-honey, ~ kernel, ~ leaf, ~ lily, ~-lobate, ~-squirrel, ~-swift, ~ tree, ~ wax, ~ weevil.

palm[2] n. पाणि, प्रतल, करतल, हथेली; दस्तानेकी हथेली; हथेलीके बराबर; *grease* person's ~ घूस देना।

palm[3] v.t. धोखा देना, चकमा देना; धोखा देकर चलना, धोखेसे गले मढ़ना; (ताशके पत्ते आदि) हथेलीमें गुप्त रखना; करतल स्पर्श करना, हथेलीसे छूना या थपथपाना, पकड़ना; उत्कोच देना, मुट्ठी गरम करना, रिश्वत देना।

palmaceous a. तालवत्, ताल-सदृश, ताल-जैसा; तालप्रजातीय, तालप्रजाति-विषयक, तालप्रजाति-सम्बन्धी।

Palma Christi n. एरण्ड, कैस्टरआयलवाला पेड़।

palmar a. प्रतलगत, तलीका, हथेलीमें।

palmary a. श्रेष्ठ, उत्कृष्ट, वरेण्य, विशिष्ट, प्रधान, सर्वप्रधान, अग्रगण्य; उत्तम।

palmate, -ated aa. पाणिवत्, करतलाकार, हथेली-जैसा।

palmatifid a. (वन०) हथेली-जैसा।

palmature n. जालीयित अँगुलियाँ, झिल्लीदार अँगुलियाँ।

palmer n. निर्धन व्रती, भ्रमणशील भिक्षु, जेरूसलेमसे लौटा हुआ यात्री; (~-*worm* भी) तालकृमि, केशकृमि,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: MoE

हानि पहुँचानेवाली लोमश श्लीं; लोमश मक्षिका।

palmette n. (प्रा०) तालपत्रालंकार, तालपत्र-जैसा आभूषण।

palmetto n. छोटा ताड़।

palmiferous a. तालवृन्तवाही, तालवृन्तधारी, तालपत्रवाही, तालपत्रधारी।

palmigrade a. = PLANTIGRADE.

palmiped, -pede aa. जालपादयुक्त, झिल्लीदार पैरोंवाला (पक्षी)।

palmist n. सामुद्रिक, सामुद्रिकशास्त्री, हस्तरेखापण्डित।

palmistry n. सामुद्रिकशास्त्र, मुद्रविद्या, हस्तरेखाविद्या।

palmitic a. तालिक, ताड़का (~ *acid*)।

palmy a. तालसंकुल, ताड़-सम्बन्धी, खजूरका; खजूर-सदृश; श्रीमान्, विभवसंकुल; विजयी; उन्नतिशील; समृद्ध, सम्पन्न (जैसे, ~ *days*); पाणिवत्, हथेलीसा।

palmyra n. ग्रन्थताल, द्रुमेश्वर, ताल-वृक्ष, पंखिया खजूर।

palp १. n. स्पर्श; २. v.t. स्पर्श करना, छूना, छूकर देखना।

palpability, palpableness nn. स्पृश्यता; स्पर्शज्ञेयता, स्पर्शगोचरता, सहजग्राह्यता; प्रत्यक्षता, सुस्पष्टता, प्रतीयमानता।

palpable a. परिस्पृश्य; स्पर्शज्ञेय, स्थूल, स्पर्शगोचर, सहजग्राह्य, मोटा; व्यक्त, प्रत्यक्ष, सुस्पष्ट, प्रतीयमान।

palpably adv. प्रत्यक्षतः, प्रतीयमानरूपसे, सुस्पष्टतया।

palpate v.t. स्पर्शपरीक्षण करना, हाथसे छूना।

palpation n. स्पर्शपरीक्षण, स्पर्शपरीक्षा, स्पर्शीकरण, स्पर्श, सस्पर्शन।

palpebral a. भ्रू-, भौंहोंका; पक्ष्मीय, पक्ष्म-विषयक, नेत्रलोम-सम्बन्धी, बरौनियोंका; वार्त्म, पलक-विषयक, पलक-सम्बन्धी, पलकोंका (~ *vessels*)।

palpebrate[1] v. i. अपांगचालन करना, आँख मारना।

palpebrate[2] a. वार्त्म, पलक-युक्त, पलकोंवाला।

palpitant a. स्फुरणशील, स्पन्दनशील, धड़कनेवाला, धकधकानेवाला; कम्पनशील, थरथरानेवाला, थर्रानेवाला।

palpitate v. i. स्पन्दित होना, धड़कना, धकधकाना; (नाड़ीका) स्फुरित होना, फड़कना, तड़पना, चलना; (हर्ष, भय आदिसे) कम्पित होना, थरथराना, थर्राना।

palpitation n. स्पन्दन, धड़क, धड़कन, धकधक, धुकधुकी, धकधकाहट; स्फुरण, वेपन, कम्पन, थरथराहट।

palsgrave n. राजप्रासाद-रक्षक काउण्ट या अर्ल।

palsied a. स्तम्भ-रुग्ण, स्तम्भ-रोगी, संस्तम्भ-रोगी, पक्षाघाती, अधरंगी, लकवेवाला।

palstave n. (एक प्रकारकी कुल्हाड़ी), पाल्स्टेव।

palsy[1] n. संस्तम्भ, पक्षाघात, कम्पवायु, लकवा, फालिज; (ला०) स्तम्भ, निरुपायता, उद्यमहीनता।

palsy[2] v.t. संस्तम्भित होना, पक्षाघात होना, लकवा मारना, फालिज गिरना; (ला०) निरुपाय करना, उद्यमहीन करना, बेकार करना।

palter v. i. छल-कपट करना, दुहरी बात करना; मोल-तोल करना, झंझट पैदा होना, तकरार करना; चुटकियों-में उड़ाना, टाल देना, टालमटोल करना, हटाना।

paltriness n. निरर्थकता, क्षुद्रता, अपकृष्टता, तुच्छता, नीचता, उपेक्षणीयता, नीचता, कमीनापन।

paltry a. निरर्थक, क्षुद्र, लघु, अपकृष्ट, तुच्छ, उपेक्षणीय, व्यर्थ, असार, नीच, अधम, कमीना।

paludal a. दलदली, मलेरिया-सम्बन्धी।

paludic, paludicolous aa. दलदलका, दलदल-सम्बन्धी, दलदलमें उगनेवाला।

paludinal, paludine, paludinous aa. दे० PALUDIC etc.

paludism n. मलेरिया, दलदली रोग।

paludose, paludous aa. कच्छ-, दलदलका, दलदल-सम्बन्धी; दलदली, दलदलमें रहनेवाला; मलेरिया-विषयक।

paludrine n. मलेरिया निरोधक औषध, पेलूड्रीन।

palustral, palustrian, palustrine aa. दे० PALUDIC, PALUDINAL, PALUDOSE *&c.*

paly a. (का०) पाण्डुराभ, पीला-सा, फीके रंगका, मन्द, धुँधला, फीका, बेरंग।

pam n. चिड़ीका गुलाम।

pampa n. (pl. *-s* or *-s*) महाप्रस्थ, (द० अ०, आमेजनके दक्षिणमें विशाल) वृक्षहीन मैदान; ~-grass पैम्पाघास (जो द० अ० में पायी जाती है)।

pamper v.t. खूब पेट भरना, अघाना, छका देना, अधिक लाड़-प्यारसे खराबकर देना, आदत बिगाड़ देना; अनुचित प्रश्रय देना।

pampered a. स्फीत, परिपुष्ट, हृष्ट-पुष्ट, आपीन।

pampero n. (pl. *-s*) (पैम्पाके मैदानोंमें बहनेवाली एक हवा); पैम्पाका भारतीय, पैम्पाका आदिवासी, पैम्पाका इण्डियन।

pamphlet n. पुस्तिका, पत्रिका, चौपन्ना, छोटा रिसाला, पैम्फलिट।

pamphleteer[1] n. पुस्तिकालेखक, पत्रिकाकार, रिसाला लिखनेवाला, पैम्फलिट लिखनेवाला।

pamphleteer[2] v. i. पुस्तिका लिखना, पैम्फलिट लिखना।

pan[1] n. कटाह, कड़ाही, तवा, तसला; पात्र, भाजन, कूँड़ा, बर्तन; तुलापात्र, पलड़ा; इनके आकारकी कोई वस्तु; कपाल, खोपड़ी, रंजकदान, रंगकी प्याली; (बन्दूक या तोप-में) बारूदकी प्याली; (*P*~) प्रकृतिकी आत्मा, यूनानका ग्राम-देवता; मूर्तिपूजनवाद, पेगनवाद; पान; hard-~ मिट्टीकी कठोर अन्तरस्तरिका; ~-cake मालपुआ, पुआ; ~ handle ⊙ (किसी देशके दो भागोंके बीच घुसा हुआ) एक राजनीतिक विभाग; ~ handler ⊙ भिक्षुक, भिखमंगा; *out of the frying ~ into the fire* आसमानसे गिरा खजूरमें अटका;

~-boiler, ~-broil, ~-drop, ~ fish, ~head, ~-headed, ~iron, ~man, ~side, ~smith.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

pan[3] v.t. & i. स्वर्णकणयुक्त मिट्टीको तसलेमें धोना; ~ *off, out* (तसलेमें) धोकर साफ करना; ~ *out* सोना उत्पन्न करना, सोना निकालना, (ला०) सफल होना, कार्यसम्पादन करना, चल जाना।

panacea n. रामबाण, सर्वव्याधिहर, सर्वरोगघ्न, सर्वभेषज, त्रैलोक्य-चिन्तामणि, सब रोगोंकी अचूक दवा।

panache n. कलगी, तुर्रा; (ला०) प्रदर्शन, आडम्बर; डींग, शेखी, अकड़।

panada n. पुआ, लुचई; स्वादिष्ट टिकिया।

Pan-African a. सर्वाफ्रीकीय, अफ्रीका की एकतासे सम्बन्धित।

Panama n. (~ *hat* भी) पनामा हैट।

Pan-American a. अखिल अमरीकी।

Pan-Anglican n. सर्व-ऐंग्लिकन गिरजेका, इंग्लैण्डके गिरजेकी समस्त शाखाओंका।

panary a. कर्पट्टिकीय, कर्पट्टिका-विषयक, रोटीका।

panchromatic a. सर्ववर्ण, सर्वच्छाय, आलोकग्राही; समानरूपसे संवेदनशील।

pancosmism n. भूत-ब्रह्माण्डवाद, भौतिक ब्रह्माण्डवाद, भौतिक ब्रह्माण्ड-सिद्धान्त (यह सिद्धान्त कि भौतिक ब्रह्माण्डके परे किसी वस्तुकी सत्ता नहीं है)।

pancratic a. मल्लक्रीड़ा निपुण, कसरती, पहलवान; (खिलाड़ी) सर्वोत्कृष्ट, सर्वोत्तम, अद्वितीय।

pancratist n. सर्वोत्कृष्ट खिलाड़ी, सर्वोत्तम खिलाड़ी, अद्वितीय मल्ल या पहलवान।

pancratium n. मल्लयुद्ध, मल्लक्रीड़ा, दंगल, पंक्रेशियम (प्राचीन यूनानमें क्रीड़ा-प्रतियोगिता)।

pancreas n. क्लोम, सर्वकिण्वी, अग्न्याशय, पाचक ग्रन्थि।

pancreatic a. सर्वकिण्वीय, अग्न्याशयिक, अग्न्याशय-सम्बन्धी, क्लोम-सम्बन्धी, पाचन रसकी कोशिकासे सम्बन्धित (~ *duct, secretion*)।

pancreatin n. सवकिण्विकि, सर्वकिण्वयूष; क्लोम-रस, किण्वरस, पाचक रस।

pancreatitis n. क्लोमप्रदाह, क्लोमशोथ, पाचनरसकी कोशिकाका जलन।

panda n. पण्डक, (विशे० *giant* ~) हिमालय तथा तिब्बतका एक विशालकाय रीछ।

pandation n. नति, झुकाव, मोड़, मरोड़, ऐंठन।

Pandean, -aean aa. यूनानी ग्रामदेवता-विषयक।

pandect n. संहिता, स्मृतिसंहिता, पूर्णसार, सम्पूर्ण विधि-सग्रह, कानूनोंका पूरा संग्रह।

pandemic a. & n. सर्वसामान्य, सार्वलौकिक, सार्वदेशिक, देशान्तरगामी (महामारी), देशव्यापी (रोग), विश्वव्यापी (रोग)।

pandemonium n. पिशाच-सभा, अव्यवस्थित स्थान; प्रेतावास, भुतहा घर; अशान्तिपूर्ण स्थान, अन्धेर-नगरी; मछली बाजार; उपद्रव, विप्लव, कोलाहल, गड़बड़।

passional[1], **passionary** nn. सन्त-चरित, महापुरुषाख्यान, (वह पुस्तक जिसमें सन्तों या शहीदोंका चरित लिखा रहता है)।

passional[2] a. आवेशात्मक, आवेगीय, सम्भ्रम-विषयक, अमर्ष-विषयक, रोष-सम्बन्धी, संरम्भ-सम्बन्धी; संक्षोभशील, सन्ताप-सम्बन्धी; उग्र क्रोध-विषयक; प्रणयोन्माद-विषयक, कामोन्माद-विषयक, उत्साही, उत्साहशील, जोशका; रुचि-विषयक, शौकका।

passionate a. आवेशाकुल, संवेगशील, कोपशील, चण्डशील; क्रोधी, रोषशील, संरम्भी; प्रबल मनोभावका, पुरजोश, जोशसे भरा हुआ; कामुक, प्रणयोन्माद-विषयक, कामाभिलाष-सम्बन्धी, रजोवृत्तिका; उग्र, तीक्ष्ण, तीव्र, उत्कट, उच्चण्ड।

passionateness n. आवेशाकुलता, संवेदशीलता; क्रोधिलता, चण्ड स्वभाव; कामुकत।

passioned a. संवेगप्रेरित, उत्तेजित, मनोभावाकुल; मनोभावव्यंजक; मनोवेगपूर्वक लिखा गया।

passionless a. निःसंवेग, रागहीन, विरक्त; शान्त मनोभावका; अनुरागहीन; ठण्डे दिलका, धीमा, बेजोश।

passionlessness n. निःसंवेगत्व, रागहीनता, विरक्ति, निःसंगता।

passive[1] n. (व्या०, *~ voice*) कर्मवाच्य।

passive[2] a. निष्क्रिय, अकर्मण्य, निश्चेष्ट, उदासीन; शिथिल, सुस्त; अचर; तितिक्षु, सहिष्णु, सहनशील; परकृत (*~ dispersion*); अप्रतिरोधकारी, अनिवारक; भाववाचक; ~ debt बिना ब्याजका ऋण;

~ agent, ~ bond, ~ congestion, ~ existence, ~ force, ~ immunity, ~ movement, ~ obedience, ~ resistance, ~ trust.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

passiveness, passivity nn. निष्क्रियता, अकर्मण्यता, अक्रियता, निश्चेष्टा, आलस्य, सुस्ती; अचरता; तितिक्षा, सहिष्णुता, सहनशीलता; कर्माश्रयता, अप्रतिरोधिता; अनिवारकता ।

passometer n. = PEDOMETER.

passover n. (P ~) यहूदी पर्व-विशेष, ईस्टर ।

passport n. सत्यकार-पत्र, पार-पत्र, निष्क्रमपत्र, राहदारी, पासपोर्ट; (ला०) किसी वस्तुको प्राप्त करनेकी निश्चितता; प्राप्त करनेका वसीला;
~ application form, ~ assistant, ~ ~ booklet, ~ clerk, ~ cum visa system, ~ fees, ~ issuing authority, ~ number, ~ regulations, ~-size photograph.

passus n. सर्ग, अध्याय, भाग ।

past[1] n. अतीतकाल, भूतकाल; the ~ अतीतकी घटनाएँ, बीती घटनाएँ (जैसे, *cannot undo the ~*); *let the ~ bury its dead* बीतीको जाने दो, बीती ताहि बिसार दे ।

past[2]* a. भूतकालिक, पूर्वकालिक, अतीतकालीन, विगत, व्यतीत, अतीत, गत*, पिछला*, पहला;
~ consideration, ~ correspondence, ~ history, ~ member, ~ occupation, ~ perfect, ~ solvency, ~ tense, ~ year.

past[3] prep. आगे, परे, अनन्तर, बाद (जैसे, *stayed till ~ two o'clock*); सीमान्तर, क्षेत्रके बाहर, पहुँचके बाहर (जैसे, *~ endurance, bearing* etc.) ।

paste[1]* n. पेष*; गुँधा आटा; मीठी लपसी, नरम हलवा; मछलीकी चटनी; लेपी*, लेइ*; गारा, मिश्रित पदार्थ; काचका कड़ा मिश्रण, शीशेका मसाला; ~board लेपीपट्ट; नाम-पत्र; ⊙ संसृष्ट पत्र, दफ्ती, कार्डबोर्ड; (गुण०, ला०) अवास्तविक, असार, तुच्छ, कमजोर; (ग्रा०) भेंटपत्र, ताशका पत्ता, टिकट; ~-grain (जिल्दबन्दीके लिए) कृत्रिम चर्म ।

paste[2] v.t. (लेईसे) चिपकाना; मढ़ना, ढाँपना; पीटना; कोड़ा मारना; पीटकर दाने अलग करना ।

pastel n. नीलवर्ण, नीला रंग; एक प्रकारका पौधा (जिससे नीला रंग निकाला जाता है); (खड़िया बनानेके लिए) रंग और गोंदकी लेई; रंगीन खड़िया, पेस्टल; रंगीन पेंसिल, रंगीन पेंसिल (या पेस्टल) द्वारा अंकित चित्र ।

pastel(l)ist n. पेस्टल-चित्रकार ।

paster n. लेईसे चिपकानेवाला; गोंदलिप्त कागजका टुकड़ा ।

pastern n. अश्वखुर-सन्धि, गुमची, टखना ।

pasteurism n. (पैस्ट्योर-प्रवर्तित) जलसन्त्रास रोग-निवारण-पद्धति, कुत्तेके काटेका इलाज ।

pasteurization n. नीरोगण; आंशिक निर्जीवीकरण, जलसन्त्रास-रोग-निवारण पद्धति, कृमिनाशक विधि (~ *joint*) ।

pasteurize v.t. नीरोग करना; आंशिक निर्जीवन करना, (जलसन्त्रास-रोग-निवारण-पद्धति द्वारा) चिकित्सा करना; (विशे० कुत्तेके काटेका) इलाज करना ।

pasteurized a. नीरोगित; आंशिक निर्जीवीकृत ।

pasteurizer n. नीरोगक, आंशिक निर्जीवीकरण यन्त्र, नीरोगक यन्त्र ।

pasticcio, pastiche nn. अनुकृत गीत, मिश्रित गीत, खिचड़ी रचना (कई गीतोंके पदांशोंको जोड़कर बनाया गया गीत) ।

pastil, pastille n. सुगन्धित द्रव्योंकी बत्ती; चूषिका, लोज, मुँहमें घुलनेकी टिकिया ।

pastime n. कौतुक, क्रीड़ा, आमोद-प्रमोद, विहार, लीला, मनोरंजन, विलास, खेल, मनबहलाव ।

pastiness n. लेपित्व, लेई-जैसा होना; चिपचिपापन, लस, लसदारी ।

pastor n. (गिरजाघरका अध्यक्ष) याजक, पास्तर, पातुक, पादरी; आचार्य, उपाध्याय, गुरु; धर्मोपदेशक, अध्यात्मोपदेष्टा; अजापाल, मेषपाल, गड़रिया, चरवाहा ।

pastoral[1] n. ग्राम्यकाव्य (या नाटक), गोपकाव्य; पास्तरका पत्र ।

pastoral[2] a. पशुपाल्य, अविपाल-विषयक, गड़रिया-सम्बन्धी, चरवाहेका; गोचरभूमि-सम्बन्धी, चरागाहका; ग्राम्य, ग्रामीण, देहाती जीवनका; याजक-विषयक, पादरी-से सम्बन्धित; ~ charge पादरीका पद; नये मन्त्रीको दिया गया उपदेश ।

pastorale n. ग्राम्य शैलीमें एक मधुर तान या राग; एक नृत्य ।

pastoralism a. ग्रामीण काव्य, ग्रामीण मनोविनोद ।

pastorality, n. पशुपालता, चरवाहापन ।

pastorate n. (गिरजाघरमें) याजकपद, पातुकपद, पादरीका पद; याजक-कार्यालय, पादरीका आफिस; आचार्यपद, उपाध्यायपद, गुरुपद; धर्मोपदेशकपद या कार्यालय, अध्यात्मोपदेष्टाका पद या कार्यालय ।

pastorless a. याजक-विहीन, पातुक-विहीन, पास्तर-विहीन, बिना पादरीका; आचार्यविहीन, उपाध्यायविहीन, गुरुरहित; धर्मोपदेशकविहीन, अध्यात्मोपदेष्टारहित ।

pastry n. पिष्टान्न, पिष्टक, कचौड़ी, समोसा, पेस्ट्री; ~-cook पिष्टक बनानेवाला ।

pasturable a. चरने या चराने योग्य ।

pasturage n. पशुचारण, चराई; शस्य, तृण, चारा, घास; गोचर-भूमि, चारण-भूमि, चरागाह; चारणाधिकार ।

pasture[1] n. चर, गोचर, शाद्वल, चारण-भूमि, चरागाह; गवादन, शस्य, तृण, चारा, चरी, घास;
~ farm, ~ ground, ~-land, ~-legumes, ~ planting, ~ right, ~ rotation.

pasture[2] v.t. पशुओंको चरागाहमें भेजना; चराना, चुगाना, चरानेके लिए ले जाना; (पशुओंका घास, खेत इत्यादि) चर जाना, सफाया कर देना ।

pastureless a. चरहीन, गोचरविहीन, चारणभूमि-विहीन, चरागाहरहित; गवादनहीन, शस्यविहीन, तृण-विहीन, घासरहित, बिना चारेका ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

pasty[1] n. मांस-पूप, कीमा भरा समोसा या कचौड़ी।
pasty[2] a. लेपी, लेई-जैसा; गुँधे आटे-जैसा।
pat[1] n. मृदु आघात, लघु प्रहार, थपकी; थप-थपकी ध्वनि; मक्खनकी टिकिया।
pat[2] v.t. & i. मृदु आघात करना, थपकी देना; मृदु स्पर्श करना; (थापी या हाथसे) सपाट करना; थपथपाना (~ *on* one's *back*), पीठ ठोंकना।
Pat[3] n. (उपनाम) आयरलैण्डी, आयरिश।
pat[4] a. & adv. अनुकूल, समयानुकूल (*story came ~ to his purpose*)।
patable a. अच्छे ढंगसे न खेला जानेवाला टेनिस; ~ *on the back* प्रशंसनीय, पीठ ठोंकने योग्य, शाबाशी देने लायक।
patavinity n. प्रान्तीयता, प्रान्तवाद, प्रान्तीय भावना; स्थानीय मुहाविरोंका प्रयोग।
patch[1] n. खण्ड, खण्डक, टुकड़ा; भूखण्ड; पौधों एवं वृक्षोंकी पाँति (~ *of beans*); अवशिष्ट अंश; वस्त्रखण्ड, चिप्पी, पट्टी, फाहा; चकती, थिगली, पैवन्द, जोड़; (धरातलपर) बड़े धब्बे; ~work जोड़का काम; *not a ~ on* उपमेय नहीं, तुलनीय नहीं, पसंग भी नहीं; *strike a bad ~* संकटमें रहना।
patch[2] v.t. (प्रायः *up* के साथ) चकती लगाना, थिगली लगाना, गाँठना, टाँकना, पैवन्द लगाना; जोड़ लगाना; पेवंद या चिप्पीका काम देना, जोड़का काम देना; धरातलपर) बड़े-बड़े धब्बे दीखना; जीर्णोद्धार होना, मरम्मत करना; क्षतिपूर्ति करना; प्रतीकार करना; (झगड़ा) निपटाना।
patched a. संग्रथित, जोड़ लगा हुआ।
patcher n. पट्टी लगानेवाला, फाहा रखनेवाला; चकती रखनेवाला, थिगली रखनेवाला, पैवन्द रखनेवाला, जोड़ लगानेवाला।
patchery, patchiness nn. चकतीपन, पैवन्दपन; कोई प्योंदादार वस्तु; थिगलीवाला, जोड़वाला।
patchouli n. सुगन्धरा, (एक भारतीय सुगन्धित पौधा), पचौली; पचौलीकी इत्र।
patchy a. चकतीदार, पैवन्ददार।
pate[1] n. (अब बोल०) मुण्ड, मस्तकाग्र, खोपड़ी, सिर; मस्तिष्क, दिमाग।
pate[2] n. छोटा समोसा, पैटी।
pated a. मस्तिष्क-सम्बन्धी, दिमागका, सिरवाला।
patee a. अन्ताभिगामिभुजयुक्त, अन्ताभिपातिबाहुयुक्त, (अन्तकी ओर बढ़नेवाली भुजाओंसे युक्त)।
patellar, patellate aa. अष्ठीवत्-, जानुशिरसीय, जानुशिर-विषयक, घुटनेकी टोपीसे सम्बन्धित, घुटनेके कटोरेका।
patelliform a. आष्ठीवदाकार, जानुशिर-सदृश, टोपीके आकारका, कटोरे-जैसा।
paten n. थाल, थाली, रकाबी, बड़ी तश्तरी।
patency n. एकस्वता, विशिष्टाधिकार, असामान्याधिकारिता, राजकीयता; विवृति, प्रकटता, व्यक्तता, स्पष्टता।
patent[1] n. एकस्व, विशिष्टाधिकार, असामान्याधिकार; राजकीय अधिकारपत्र (जो आविष्कारके सर्वाधिकार सुरक्षित रखता है); (ला०) विशिष्ट चिह्न (जैसे *a ~ of gentility*)।
patent[2] v.t. एकस्व पाना; एकस्वपत्र प्राप्त करना; अधिकारपत्र प्राप्त करना, (आविष्कारकी) रजिस्ट्री कराना, पेटण्ट कराना।
patent[3] a. एकस्वपत्र-, स्वाधिकार-सम्बन्धी; (ला०) एकस्व (~ *food, colour*), अधिकारगत; (बोल०) अधिकरणीय, उद्भावनक्षम; (ला०) स्फुट, व्यक्त, प्रत्यक्ष, प्रकट, सुस्पष्ट, साफ (~ *ambiguity, defects*); letters ~ एकस्व-पत्र, राज्यसे प्राप्त अधिकारपत्र (जिससे आविष्कार सुरक्षित रहे), शाही सनद;
~ danger, ~ fees, ~ law, ~ leather, ~ medicine, ~ office, ~ right.
patentable a. एकस्वात्मक, एकस्वयोग्य; स्पष्टकरणीय (~ *subjects*)।
patentee n. एकस्वी, एकस्वपत्राधिकारी, एकाधिकारप्राप्त।
pater n. जनक, पिता, बाप, बाबा।
patera n. (छिछली) स्थाली, थाली, पतेरा।
paterfamilias n. (रोम० कानून या हास्य०) गृहपति, कुलपिता।
paternal a. पैतृक, पित्र्य, पितृ-सम्बन्धी; पितृतुल्य, पितृवत्, पिता-जैसा; पिताके सम्बन्धका, बापके रिश्तेका; ~ grandmother पितामही, दादी, आजी, पिताकी माता; ~ government, legislation, *etc.* पैतृक शासन, पैतृक विधिनिर्माण; ~ uncle चाचा।
paternalism n. पैतृकवाद।
paternally adv. पितृवत्, पिता-सदृश, पिताके नाते।
paternity n. पितृत्व, पितृधर्म; पैतृक उद्गम, पैतृक उत्पत्ति; (ला०) कृति, रचना; उद्गम, प्रभव, स्रोत, मूल।
paternoster n. (विशेषकर लैटिनमें) प्रभु यीशुकी प्रार्थना; गुरिया, मनका, दाना; ईसाइयोंकी माला; प्रार्थना; devil's ~ छूमन्तर; ~ pea गुंजा, घुमची।
path n. पथ, पन्थ, मार्ग, राह, रास्ता, बाट, पगडण्डी; (पैदल या साइकिलकी) दौड़का रास्ता; पद्धति; ~-finder अन्वेषक, पथ खोजनेवाला; बमवर्षक वायुयान या उसका चालक; ~way पगडण्डी, राह।
Pathan n. पठान, अफगान।
pathetic[1] n. (बहु०) भावना-प्रश्रय, भावनाकर्षण, भावना-अध्ययन, भावनाभ्यास, भाव-प्रदर्शन, भाव-प्रतिपादन; भावनापूर्ण शैली।
pathetic[2], **-al** aa. मार्मिक, भावनापूर्ण, करुणामय, करुण, हृदयग्राही, करुणात्मक, करुणाजनक, मर्मस्पर्शी, कारुणिक, दर्दभरा; शोचनीय, अफसोसनाक, भावनामय, आवेग-सम्बन्धी; ~ fallacy भावाभास, संवेदजन्य दोष।
patheticalness n. मर्मान्तकता, करुणा, कारुण्य, करुणात्मकता, करुणाजनकता; शोचनीयता, अफसोसनाक हालत; भावनामयता, आवेगपूर्णता।
pathic[1] n. = CATAMITE.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

pathic[2] a. रोग-सम्बन्धी, रोगका ।

pathless a. निर्मार्ग, मार्गहीन, निष्पथ, पथविहीन, बेराह, बिना रास्तेका; अगम्य, दुर्गम ।

pathogen n. व्याध्यभिकर्ता, व्याधिजनक पदार्थ ।

pathogenesis, pathogeny nn. व्याधिजनन, व्याधि-विकास ।

pathogenetic, pathogenic, pathogenous aa. व्याधिजनीय, व्याधिजन, रोगोत्पादक ।

pathognomic a. भावचिन्तन-विषयक ।

pathognomonic a. रोगनिदान-सम्बन्धी ।

pathognomy n. भावचिन्तन, भावनाभ्यास; रोग-निदान ।

pathological a. व्याधिकीय, व्याधिविद्या-सम्बन्धी, व्याधिकृत (~ *changes*), विकृत (~ *condition*) ।

pathologist n. व्याधिकीविद्, चिकित्सक ।

pathology n. व्याधिकी, व्याधिविद्या, रोगनिदानशास्त्र ।

pathophobia n. रोगातंक, रोगभीति ।

pathos n. कारुण्य, कारुण्यरस, करुणरस, मनोवेदना; राग, रस ।

patible a. तितिक्षु, सहिष्णु, सहनीय, सहने योग्य ।

patibulary a. वधफलकीय, वधफलक-विषयक, वध-फलक-सम्बन्धी, फाँसीके तख्तेका; वधफलकाकृति, वध-फलकाकार, फाँसीके तख्ते जैसा ।

patience n. क्षान्ति, तितिक्षा, सहिष्णुता, सहनशीलता, धीरता, धृति, धैर्य; अध्यवसाय, दृढ़प्रयत्न, लगातार कोशिश; प्रशान्ति; *have no ~ with* क्रुद्ध होना, उत्तेजित होना, चिढ़ना, बरदाश्त न करना; *out of ~ with* असह्य, असहनशील; *~ is a flower that grows not in everyone's garden* सब्र है वह फूल जो होता नहीं हर बागमें; *~ of Job* सहनशीलताकी सीमा (*would try the ~ of Job*) ।

patient[1] n रोगी; बीमार, मरीज;
~'s authorized medical attendant, ~'s comforts fund, ~'s maintenance charges, ~'s room, ~'s ward.

patient[2] a. तितिक्षु, सहिष्णु, क्षमी, क्षमाशील, सहन-शील; धीर, प्रशान्त, शान्त, धैर्यवान्; अध्यवसायी; सन्तोषी; *~ of* अनुकूल (*the facts are ~ of two interpretations*) ।

patina n. छदिमा, (पुराने बर्तनोंपर जमनेवाली) काई; कान्ति, छवि, दीप्ति, चमक, आब ।

patinate १. v.t. छदिमावृत करना, छदिमासे ढक देना; २. a. = PATINATED.

patinated a. छदिमावृत, पपड़ीदार, काईवाला; आबदार ।

patine a. स्थाली, थाली, थार, तश्तरी, प्लेट ।

patio n. (pl. *-s*) (स्पेनी घरोंमें) उद्यान, उपवन, बागीचा; आंगन ।

patisserie n. समोसेकी दुकान, पेस्ट्रीकी दुकान ।

patness n. उपयुक्ति, उपयुक्तता ।

patois n. जनभाषा, बोली ।

patriarch n. नायकपिता, कुलपति, कुटुम्बाधिपति; मुखिया, सरदार; आदिपुरुष, मूलपुरुष, पुरखा; धर्माध्यक्ष, विशप; प्रवर्त्तक; श्रद्धास्पद व्यक्ति, वयोवृद्ध जन, ज्येष्ठ पुरुष ।

patriarchal a. पैतृक; पितृसत्तात्मक, पितृशासित ।

patriarchalism n. पितृतन्त्रवाद; कुलपतिवाद, कुटुम्बाधिपति द्वारा आदिवासी शासनकी स्थिति ।

patriarchate n. पितृसत्ता; पदश्री, पादरीकी पदवी, पादरीका अधिकार-क्षेत्र या वास-स्थान ।

patriarchism n. पितृतन्त्रवाद ।

patriarchy n. पितृतन्त्र, पितृसत्ता, पैतृक व्यवस्था ।

patrician a. & n. अभिजात (पुरुष), सम्भ्रान्त (व्यक्ति), कुलीन (व्यक्ति), शिष्ट ।

patricianship n. अभिजातीयता, सम्भ्रान्तता, कुलीनता ।

patriciate n. अभिजातीय संस्थिति एवं वर्ग, आभिजात्य तन्त्र, कुलीन-तन्त्र; कुलीन पदवी ।

patricidal a. पितृघातकीय, पितृहत्या-सम्बन्धी ।

patricide n. पितृघातक, पितृहत्या, पितृवध ।

patrilineal a. पित्रान्वयीय, पितृवंशीय, पिताकेवंशका ।

patrimonial a. पैतृक, पितृदाय-विषयक, पितृप्राप्त, पित्रागत, मौरूसी, बपौतीका ।

patrimony n. पितृदाय, पैतृक सम्पत्ति, पैतृक रिक्थ, पित्रागत धन, बपौती; वरासत; (प्रायः ला०) धनसमर्पण, दान, वक्फ ।

patriot n. देशभक्त, स्वदेशानुरागी, देशमित्र ।

patriotic a. देशभक्तिपूर्ण, स्वदेशानुराग-युक्त ।

patriotism n. देशभक्ति, स्वदेशानुराग, देशप्रेम, स्वदेशाभिमान ।

patristic, -al aa. (ईसाई) धर्माचार्य-सम्बन्धी; धर्माचार्यकी रचनाओंसे सम्बन्धित ।

patristicism n. ईसाई धर्माचार्योंकी विचार-पद्धति ।

patristics n. (ईसाई) धर्माचार्य-शास्त्र ।

patrol[1] n. रक्षाभ्रमण, गश्त, पहरा, पैट्रोल; प्रहरी; आरक्षी, पुलिस सिपाही; (शत्रुकी गतिविधिका गवेषक) सैन्यदल; वायुयानकी नित्यक्रम निष्पादित उड़ान ।

patrol[2] v. i. & t. रक्षार्थ भ्रमण करना, पहरा देना, गश्त लगाना; निगरानी करना, चौकसी करना ।

patrology n. (प्राचीन सन्तों द्वारा विरचित) इंजील-संग्रह, बाइबिलका संग्रह ।

patron n. पालक, आश्रयदाता, प्रतिपोषक, संरक्षक; पुरस्कर्ता, उपकारक, संवर्धक; नित्यका ग्राहक; पादरीकी वृत्ति देनेका अधिकारी ~ saint संरक्षक ऋषि, सिद्ध महात्मा ।

patronage n. पालन, आश्रय, संरक्षण, सम्वर्धन, आलम्ब, पोषण; पादरीको वृत्ति देनेका अधिकार; ग्राहक-सहायता, ग्राहक-अवलम्बन ।

patronal a. संरक्षक ऋषि-सम्बन्धी, संरक्षकीय, सिद्धका (जैसे, *the ~ festival*) ।

patroness n. पालिका, आश्रयदात्री, संरक्षिका ।

patronize v.t. पालन करना, आश्रय देना, संरक्षण

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

करना, अवलम्बन देना, सहायता देना; उत्साहित करना, बढ़ावा देना; नम्र व्यवहार करना।

patronizer n. पालक, पोषक, संरक्षक, आलम्बनदाता, आश्रयदाता, सहायता देनेवाला; उत्साहित करनेवाला, बढ़ावा देनेवाला, नम्र व्यवहार करनेवाला।

patronymic[1] n. पैतृक नाम, गोत्रनाम, कुलसूचक नाम।

patronymic[2] a. पैतृक, गोत्रीय, अपत्यवाची, कुलसूचक।

patroon ⊙ n. (इति०; न्यूजर्सी और न्यूयार्कमें डच सरकारके शासनमें) जमीनदार।

pattee a. = PATEE.

patten n. काष्ठ पादुका, खड़ाँव, ऊपरी जूता (जिसका तल्ला लकड़ीका होता है और जूतेके ऊपर पहना जाता है)।

patter[1] n. भाषा, बोली; सम्भाषण, द्रुत भाषण, द्रुत आलाप; गीत, सुखान्त नाटक, ड्रामा; पटपटाहट, पड़पड़ाना, 'टप-टप' या 'पट- पट' का शब्द; ~ song सुखान्त नाटकका गीत; ~ flash चोरोंकी गूढ़ भाषा।

patter[2] v.t. & i. शीघ्रतः पढ़ना, द्रुतगतिसे दोहराना; बड़बड़ाना, बुदबुदाना; पटपटाना, पड़पड़ाना, 'टप-टप' या 'पट-पट' का शब्द करना या होना; (पानीकी बूँदें) टप-टप करके गिरना; द्रुत वेगसे दौड़ना।

pattern[1] n. प्रतिरूप, प्रतिकृति, प्रतिमान, ढाँचा, साँचा; आदर्श, निदर्शन, उदाहरण, बानगी, नमूना; अनुकरणीय व्यक्ति, आदर्शीभूत व्यक्ति; अनुकरणीय वस्तु; कलाप; शैली; लक्ष्य-बिन्दुपर गोलियोंके बने निशान; ~-room, -shop प्रतिमाकक्ष, नमूनेका कक्ष या दुकान; साँचोंकी ढलाईके कारखानोंका कमरा; ~-maker (कारखानोंमें) साँचा तैयार करनेवाला।

pattern[2] v.t. प्रतिमानपर रूप देना, गढ़ना; साँचा बनाना, नमूना बनाना; (नक्काशी आदिसे) सजाना।

patty n. कीमेका समोसा, मीठा समोसा (*~-pan*)।

patulous a. विस्तारी, स्तरणशील, फैलनेवाला; बृहद्द्वारात्मक, बृहद्द्वारमय, बृहच्छिद्रिल, बृहच्छिद्रयुक्त; विस्तारित, तानित, प्रतानित, फैलाया हुआ।

paucity n. अल्पता, न्यूनता, कमी।

Paul n. ~ Pry परकार्यव्यापारी, हस्तक्षेपक।

paunch[1] n. रोमन्थिका, (जुगाली करनेवाले पशुका) प्रथम जठर; उदर, तोंद, जठर, पेट; (नौवि०) लकड़ीका जंगला, जाल, मोटी मजबूत चटाई।

paunch[2] v.t. पेट फाड़ना, अँतड़ियाँ निकालना।

paunchy a. दीर्घतुन्दी, बड़ी तोंदवाला, पेटू, तोंदड़िया।

pauper n. अकिंचन, निर्धन, दरिद्र, अनाथ, कंगाल; भिक्षु, भिक्षा-जीवी, फकीर।

pauperdom n. भिक्षुमण्डली; भैक्ष्य, भीख; भिक्षावृत्ति, भिखमंगापन।

pauperism n. दारिद्र्य, दरिद्रता, भिक्षावृत्ति, अकिंचनता, कंगाली।

pauperization n. दरिद्रीकरण, अकिंचनीकरण, अकिंचनीभवन।

pauperize v.t. दरिद्र बनाना, अकिंचन बनाना, कंगाल बनाना।

paurometabolism n. अल्परचनान्तरण।

pause[1] n. विरति, विराम, ठहराव; उपशम; व्यवधान, अन्तर, अन्तराल; अनध्याय; विश्राम, अवसान, यति, दीर्घविरामचिह्न; *give ~ to* असमंजसमें डालना, द्विविधामें डालना; हिचकिचाहटमें डालना।

pause[2] v. i. विरत होना, ठहरना, रुकना; व्यवधान करना; अटकना, दम लेना, सुस्ताना।

pavage n. आचयन-शुल्क, प्रस्तराचयन-शुल्क, पथाचयन-कर, भूबन्ध-कर, पथ-बन्धन-कर, खड़ंजा लगानेका कर; आचयन, प्रस्तराचयन, पथाचयन, भूबन्ध, पथ-बन्धन, खड़ंजा लगाना।

pavan(e) n. एक शाही नृत्य, शानदार नाच।

pave v.t. आचयन करना, प्रस्तराचयन करना, पथाचयन करना, भूबन्ध लगाना, पथबन्ध लगाना, खड़ंजा लगाना, फर्शपर पत्थर या ईंटें जड़ना; (प्रायः ला०) आच्छादित, आवृत (*~d with flowers*); *~ the way (for, to)* मार्ग तैयार करना, मार्ग बनाना, (प्रारम्भिक) कठिनाइयाँ दूर करना।

pavement n. कुट्टिम, कुट्टिमपदी, आचित तल; खड़ंजा, फर्शबन्दी; पक्की सड़क, सड़ककी पटरी ⊙; (जन्तुवि०) खड़जेकी तरह जड़े हुए दाँत।

paver, paviour nn. आचयनकर्ता, फर्श बैठानेवाला, खड़ंजा लगानेवाला; मार्गदर्शक।

pavid a. भीरु, कायर, डरपोक।

pavilion[1] n. प्रशाला, प्रशाल, दर्शकमण्डप, मँड़वा; इमारतका सुसज्जित बहिर्भाग; तम्बू, खेमा, डेरा (विशे० बड़ा चोटीदार); मण्डप; मेखलाके रत्नका अंश; ~ roof खेमानुमा या तम्बूनुमा छत।

pavilion[2] v.t. मण्डप बनाना; तम्बू तानना, खेमे लगाना।

paving n. आचयन, प्रस्तराचयन, पथाचयन, भूबन्धन, पथ-बन्धन, खड़ंजा लगाना (*~-stone*)।

pavior n. आचेता, प्रस्तराचेता, पथाचेता, भूबन्धक, पथ-बन्धक, खड़ंजा लगानेवाला।

pavis n. बड़ी ढाल (जिससे सारा शरीर छिप सके), वर्म, कवच।

pavisade n. प्रतिरक्षा, प्रतिरक्षा-कार्य; प्रतिरक्षात्मक जवनिका, रोक, मोर्चा।

pavonine a. मयूरीय, मयूर-विषयक, मोर-सम्बन्धी; मयूरवत्, मयूरसम, मयूर-सदृश, मोर-जैसा; शिखी-पुच्छवत्, मयूर-पुच्छसम, मोरकी पूँछके समान।

paw[1] n. (पशुका) सनख पाद, पंजा, चंगुल; (बोल०) चपेट; कर, हस्त, हाथ; हस्तलिपि, हस्तलेख।

paw[2] v.t. & i. पंजा मारना; टापसे भूमि कुरेदना; रुखाईसे व्यवहार करना; भद्देपनसे हाथ लगाना या उठाना।

pawkiness n. चातुर्य, धूर्तता, चालाकी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

pawky a. चतुर, कपटी, चालाक, छँटा हुआ।

pawl[1] n. ग्राह, (पहियेके छड़को रोकनेका यन्त्र); (नौवि०) (लंगर आदिकी) चर्खी को रोकनेवाला डण्डा।

pawl[2] v.t. कुत्ता लगाना, डण्डेसे रोकना।

pawn[1] n. शतरंजका प्यादा; न्यास, निक्षेप, आधि, बन्धक, धरोहर, गिरवी, अमानत; प्रतिज्ञा; (धरोहरमें रक्खा गया) व्यक्ति या वस्तु; निक्षेपावस्था, बन्धककी अवस्था; ~broker निक्षेप व्यवसायी, गिरवीधर ऋण देनेवाला व्यवसायी, साहूकार, दलाल; ~broking साहूकारी, महाजनी, दलाली।

pawn[2] v.t. शर्त्त लगाना; बन्धकमें रखना, धरोहर रखना, अमानत रखना, गिरवी रखना; प्रतिज्ञाबद्ध होना, वचन देना।

pawnee n. आधिमान्, न्यास-स्वीकर्ता, निक्षेप-स्वीकर्ता, आधिस्वीकर्ता, बन्धक स्वीकार करनेवाला, अपने यहाँ गिरवी रखनेवाला।

pawner n. न्यासक, निक्षेप्ता, आधिकर्ता, आधायक, बन्धक रखनेवाला, धरोहर रखनेवाला, गहने रखनेवाला।

pawnship n. बन्धकापण, गिरवीकी दुकान।

pax n. HIGHMASS पूर्वकी निर्धारित उपासना-पद्धति; शान्तिका चुम्बन या स्पर्श; शान्ति, सन्धि, सुलह; सलीबी तख्ती (~-*board* भी)।

paxwax n. (वोल०) मेरुदण्डके पासकी मोटी नस; गुदाकी नस।

pay[1] n. शोधन, निष्कृति, भुगतान, अदायगी, चुकाना; भृति, पारिश्रमिक, वेतन, तनख्वाह, मजदूरी, मेहनताना; ~ bill, sheet वेतन-पत्र; ~-box, ~-desk वह बक्स या डेस्क जहाँ ग्राहक मूल्य चुकाता है; ~ load भारकी भुगतान, वायुयानके भारका कुछ अंश जिसपर आगम दिया जाता है; ~master वेतनाधिकारी, वेतनदाता, वेतनाध्यक्ष; ~master general वेतन-महादाता; ~-office निष्कृति-कार्यालय, अदायगीका आफिस; ~ patient ⊙ शुल्क देनेवाला रोगी; ~ roll ⊙ मजदूरीकी लिस्ट; *as the ~ so the work* जैसा दाम वैसा काम;

~ abstract, ~ advance, ~ clerk, ~ day, ~ fixation rate, ~ fixation statement, ~ fund, ~-list, ~ order, ~ receipt, ~-sheet, ~-slip, ~ time scale.

pay[2] v.t. & i. वेतन देना, तनख्वाह देना, मजदूरी देना; अदा करना, भुगतान करना, चुकाना; क्षतिपूर्ति करना, प्रतिफल देना, बदलेमें देना; पुरस्कार देना; समर्पण करना, प्रस्तुत करना; (व्यापार आदिमें) लाभ होना; (नौवि०) रस्सी काटना; निकालना, हटाना; ~ *for* पैसा भरना, व्यय करना; मूल्य देना, कीमत अदा करना; (ला०) दण्डित होना, सजा पाना; ~ *in* (कोई रकम, अपने या दूसरेके हिसाबमें) जमा करना; ~ *off* चुकता करना, बेबाक करना, छुटकारा पाना; पतवार हटानेपर जहाजका प्रतिकूल दिशाकी ओर स्थित होना; ~ *as you earn* or *go* आयमेंसे (कर) कटाते चलें; ~ *out, away* (नौवि०) रस्सी ढीली करना; ~ (person) *out* दण्ड देना; ~ *round* जहाजका सिरा घुमाना; ~ *the piper* मूल्य चुकाना; ~ *up* सम्पूर्णतः चुकता करना, बेबाक कर देना; *robbing Peter to ~ Paul* अहमदकी पगड़ी मुहम्मदके सिरपर।

payable a. देय, शोध्य, दिया जाने योग्य; लाभदायक, लाभकर।

payee n. परिगृहीता, आदाता, प्राप्तिकर्ता, पानेवाला, लेखेवाला।

payer n. शोधक, दाता, देनेवाला, अदा करनेवाला।

paying १. n. शोधन, देना (~-*office*); २. a. सशुल्क (~ *patient*)।

payment* n. दाति, शोधन, निस्तार, निष्कृति, भुगतान*, चुकौता, अदायगी; चुकायी गयी रकम; (ला०) प्रतिफल, प्रतिदान, बदला; ~ down, तत्क्षण शोधन;

~ indent, ~ order account, ~ orders register, ~ side, ~ voucher.

paynim n. (प्रा०) मूर्तिपूजक, काफिर, बेदीन, (विशे०, मुसलमान या यहूदी)।

paynize v.t. लकड़ीमें कीड़ेमार दवा भरना।

paysagist n. दृश्यकार, दृश्य-चित्रकार।

pea n. कलाय, रेणुक, मटर (का पौधा या दाना); ~shooter मटर बन्दूक (जिसमें सूखा मटर छर्रेके रूपमें भरी जाती है); *as like as two ~s* बिलकुल एक, हूबहू;

~ berry, ~bird, ~chick, ~ cod, ~-crab, ~field, ~ green, ~jacket, ~pod, ~-shaped bean, ~-sized, ~ soup, ~ soup fog, ~stick, ~sticking.

peace* n. शान्ति*, प्रशम, युद्धविराम, मेल-मिलाप, अमन; सन्धान, मैत्री, सन्धि*, सुलह; विश्राम, आराम, चैन; अक्षुब्धता, निराकुलता, निरुद्वेग, अनुद्विग्नता; व्यवस्था; मौन, निःस्तब्धता; स्थिरता; मानसिक शान्ति; स्वस्थता; ~-monger शान्ति-संस्थापक व्यक्ति; ~ offensive शान्तिप्रयास; ~-offering शान्ति-दान, शान्तिप्रतीक उपहार; ~-pipe = CALUMET; *at ~* मित्रवत्, मैत्रीकी अवस्थामें, सन्धि या सुलहकी दशामें; युद्धनिवृत्तिकी अवस्थामें; *hold* one's *~* युद्धनिवृत्त रहना, शान्त रहना, चुप रहना, मौन होना; *keep the ~* झगड़ा न करना; *make ~* (*with*) मैत्री करना;

~-blessed, ~-breaker, ~-breaking, ~ conference, ~-enamoured, ~ equipment, ~ equipment tables, ~ establishment, ~maker, ~man, ~ officers, ~-party, ~-time, ~-trained.

peaceable a. शान्तिप्रिय, शान्तिका इच्छुक; कलह-विमुख; अनुद्विग्न, अक्षुब्ध, स्वस्थ, निराकुल, प्रशान्त।

peaceableness n. शान्तता, शान्तिप्रियता, युद्धपराङ्मुखता; अनुद्विग्नता, अक्षुब्धता, स्वस्थता, निराकुलता, प्रशान्ति।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

peaceful a. शान्त, शान्तिपूर्ण, निरुपद्रव, विग्रहहीन, कलहविमुख, अक्षुब्ध, निष्कण्टक।

peacefulness n. शान्ति, शान्तिपूर्णता, विग्रहहीनता, कलहविमुखता, अक्षोभ, निष्कण्टकता।

peaceless a. अशान्त, अशान्तिपूर्ण, क्षोभपूर्ण, संक्षुब्ध, बेआराम।

peach[1] n. (एक खटमिट्ठा फल) आरुक, आड़ू; (ग्रा०) श्रेष्ठतम व्यक्ति, सर्वोच्च व्यक्ति, अति सुन्दर बालिका; ~-colour(ed) आरुकाभ, आड़ूके रंगका, हल्के लाल रंगका;
~ bloom, ~-blossom, ~-blow, ~ brandy, ~ red, ~-tree.

peach[2] v. i. (अव ग्रा०) जासूस बन जाना, मुखबिर बन जाना; खबर देना; शिकायत करना।

peacher n. जासूस, मुखबिर।

peachery n. (शीशेका) आड़ू घर।

pea-chick n. मयूरक, मोरका बच्चा।

peachiness n. आरुकवत्ता, आड़ूसदृशता।

peachy a. आरुकवत, आड़ूसदृश (विशे० कपोल या मुखड़ा)।

peacock[1] n. शिखी, केकी, मयूर, मोर; ~-throne (शाहजहाँका) मयूर-सिंहासन, तख्ते-ताऊस;
~ blue, ~-blue glasses, ~ butterfly, ~-feather fan, ~-fish, ~-flower, ~ green, ~ ore, ~-pheasant, ~'s tail.

peacock[2] v. मोरपंखोंसे अलंकृत करना; शृंगार करना; प्रदर्शन करना, दिखावा करना; अकड़कर चलना, इठलाकर चलना, ठसककर चलना, ऐंठकर चलना, ठुमक-ठुमक चलना।

peacockish a. शिखण्डी-विषयक, मयूर-सम्बन्धी; गर्वसूचक चेष्टा-सम्बन्धी।

peacock-like a. शिखण्डीवत्, मयूर-सदृश, मोर-जैसा।

peafowl n. मयूर या मयूरी, मोर या मोरनी।

peahen n. शिखिनी, मयूरी, मोरनी।

pea-jacket n. समुद्री कोट, (समुद्र-यात्रामें पहना जानेवाला मोटे कपड़ेका) ओवरकोट।

peak[1] n. शिखर, शृंग, चोटी, कूट, पर्वताग्र, सिरा; ऊर्ध्वबिन्दु, नोक; सूच्यग्र, वक्रका तीक्ष्णाग्र; चूड़ा, शिखा, टोपीकी ओलती, ओरी; (नौवि०) (जलयानका) आभ्यन्तर संकीर्ण खण्ड, जहाजके तहखानेका तंग हिस्सा; पालका सूक्ष्म अग्रभाग; ~-load विद्युत्की महत्तम शक्ति, उच्चतम भार, (क्रय-विक्रय एवं परिवहन आदिका) महत्तम परिमाण; ~ production चरमोत्पादन;
~ power, ~ top, ~ traffic.

peak[2] v.t. & i. (मस्तूलके सहारेको) ऊर्ध्वाधर झुकाना, आगे-पीछे झुकाना, सीधमें झुकाना; (डाँड़के चापोंको) सीधे खड़ा रखना; (हैल मछलीका) दुम उठाना, गोता लगाते समय सीधे खड़ा होना।

peaked, peaky aa. शृंगी, सकूट, चोटीदार (*roof*); शिखराकार, सूच्यग्र, नुकीला।

peakish a. अस्वस्थ-सा, रुग्ण-सा; क्षीण-सा, दुर्बल-सा, मरियल।

peaky a. अस्वस्थ, रुग्ण, रोगजनक, वमनजनक; क्षीण, दुर्बल, सूखा, कमजोर; दे० PEAKED.

peal[1] n. (घण्टे या घण्टियोंका) क्वणन, नाद, निनाद, घनघनाहट, गड़गड़ाहट, टिन-टिनाहट; घण्टियाँ; घण्टियोंकी पंक्ति; निर्घोष, महाध्वनि, गरज, कड़क; (विशे०) घन-गर्जन, मेघनिर्घोष; अट्टहास, जोरसे हँसनेकी आवाज।

peal[2] v. i. & t. निनादित होना, घनघनाना, टिन-टिनाना, गरजना, गड़गड़ाना, कड़कना; गरजकर कहना; कड़ककर बोलना; ~ *bells* जोरसे घण्टे बजाना।

pear n. रुचिफल, नाशपाती (~ *tree*); ~-drop नाशपातीवत् कर्णफूल; नाशपातीके आकारकी मिठाई; ~-shaped नाशपातीके आकारका।

pearl[1] n. मुक्ता, मौक्तिक, मोती; मणि, रत्न, बहुमूल्य पदार्थ; मुक्तोपम वस्तु, मुक्ताभ वस्तु (जैसे ओसबिन्दु, अश्रुबिन्दु, दाँत इत्या०); छोटा टाइप, मोतिया टाइप; सूक्ष्मतम अंश, अल्पतम खण्ड; ~-barley मुक्तायव, मोतिया जौ; ~ disease पशुओंका क्षयरोग; ~-diver (सीप निकालनेवाला) गोताखोर; ~-eye मोतियाबिन्द; ~-fisher दे० PEARLdiver; ~-fishery मुक्ता-क्षेत्र, सीप निकालनेका व्यवसाय; *cast ~s before swines* भैंसके आगे बीन बजाना, सागवालेसे हीरेका मूल्य करना, बन्दर क्या जाने अदरखका स्वाद;
~-ash, ~-button, ~-blush, ~-hardener, ~-hardening, ~-like, ~ millet, ~ mussel, ~ oyster, ~-powder, ~-sago, ~-shell, ~-spar, ~stone, ~-white, ~wort.

pearl[2] v.t. & i. (किसी वस्तुके) मुक्ताभ बिन्दु छिड़कना या छोटना; मोती बिखेरना; मोती-सदृश बनाना; मोतीका रंग आदि देना; हीरे-जैसा बनाना; मोतिया जौ बनाना; (जौ आदिको घिसकर) मोती-जैसा बनाना; मोती-जैसे बिन्दु बनाना; सीपका शिकार करना।

pearlaceous a. सीपवत्, सीप-सदृश, सीप-जैसा।

pearled n. मुक्तामय, मुक्तापूर्ण।

pearlies n. मोतीके बटन, वह सूट जिसमें मोतीके बटन लगे हों।

pearliness n. मुक्तामयता, मुक्ताभता; मौक्तिकता।

pearling n. रेशमी फीता, परलिंग।

pearly a. मुक्तामय, मोतियोंवाला; मुक्ताभ, मुक्तोपम, मोती-सा, निर्मल, उज्ज्वल, चमकदार।

pearmain n. एक प्रकारका सेब।

peasant n. कृषीवल, कृषक, किसान, खेतिहर; ग्रामवासी, ग्रामीणजन, देहाती; ~ proprietor स्वामी कृषक, निजी भूमिपर कृषि करनेवाला ग्रामवासी।

peasantry n. कृषकवर्ग, किसान लोग; ग्रामीण समुदाय, देहाती।

pease n. PEA (ग्रा० = मटर) का बहु०; ~-cod मटरकी फली।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: MoE

peat n. जीर्णक, (पानीमें सड़कर मिला हुआ) वनस्पति-अंश; दलदलका कोयला; ~bog (उक्त) कोयलेका दलदल; ~moss (उक्त) कोयलेकी काई; ~reek (उक्त) कोयलेकी आगका धुवाँ, कोयलेपर स्रवित की गयी मदिरा एवं उसकी सुगन्ध।

peatery n. दलदली कोयलेका कारखाना।

peaty a. जीर्णक-, दलदली कोयलेका-सा, इससे बना हुआ (~ *soil*)।

pebble n. अछीला, कंकड़, कण, रोड़ा, (पत्थर या किसी वस्तुका) छोटा टुकड़ा; स्फटिक, बिल्लौर; गोमेद, गोमेदक, रत्न; ~ powder गन-पाउडर, बारूद; ~ware बहुरंगी मिट्टियोंके मिश्रणसे बने बर्तन।

pebbled, pebbly aa. कंकड़युक्त, कंकड़ीला, कंकड़-वाला।

pecan n. (मिसीसिपी प्रदेशका अखरोट जातिका एक वृक्ष), भिदुरकाष्ठ; इस वृक्षकी मींगी, गिरी।

peccability n. पापिष्ठता, पापीपन।

peccable a. पापी, पापोन्मुख, पाप-प्रवण; अपराधी, पापाधीन, पापवश।

peccadillo n. (pl. *-es*) स्खलन, क्षुद्रदोष, अल्पदोष, सामान्य अपराध।

peccancy n. विकार, दोष, सदोषता; पापकर्म, पाप-शीलता, गुनाहगारी; विकारग्रस्तता, रोगग्रस्तता।

peccant a. पापशील, दुष्ट, पापी, दोषी, अपराधी, गुनहगार; (औषध०) रोगग्रस्त, अस्वस्थ, रुग्ण; दूषित, विकृत, रोग-संक्रामी।

peccary n. (अमरीकी) शूकर, सुअर।

peck[1] n. अर्धद्रोण, दो गैलनकी माप; इस मापका पात्र, बड़ा बरतन; *a ~ of troubles* विपत्तिराशि, दुःखका पहाड़, मुसीबतोंका अम्बार, कष्टोंकी भरमार; *~ of dirt* कीचड़का अम्बार, मैलका ढेर; चोंच, ढोंग; चंचुप्रहार; चंचुप्रहारका चिह्न; शीघ्र किया हुआ चुम्बन; (ग्रा०) भोजन, खाना।

peck[2] v.t. & i. चोंचें मारना, चोंच चलाना, चोंचें मारकर छेद करना; असावधानीसे चुम्बन करना, लापरवाहीसे चूमना; (ला०) छिद्रान्वेषण करना, दोष निकालना, नुक्ताचीनी करना; (बोल०) कुतरकर खाना, थोड़ा-थोड़ा करके खाना, चुगना; (किसी नोकदार औजारसे) खोदना, तोड़ना; पत्थर फेंकना; *~ out* चोंचसे झटकना, उखाड़ना।

pecker n. कठफोड़ा; wood~ = PECKER; *keep your ~ up* (ग्रा०) हिम्मत बाँधे रखो, घबड़ाओ नहीं।

peckish a. क्षुधार्त, भूखा।

pecky a. (काष्ठ) सड़नेके चिह्नोंसे युक्त।

pecten n. (जीववि०, pl. *-ines*) कंकतरचना, कंकत-वर्ध।

pectic a. आश्लेषिक, आश्लेष-विषयक, आश्लेष-सम्बन्धी (~ *acid*)।

pectin n. (रसा०) आश्लेषि।

pectinal a. कंकतवत्, कंकत-सदृश, कंकतके आकारका, कंघेके आकारका, कंघीका-सा।

pectinate a. कंकतदशन, कंकतदन्त, कंघेके दाँतोंकी तरह दाँतोंवाला, दाँतेदार।

pectinated a. = PECTINATE.

pectination n. कंकतवत्ता, कंकतसमता, कंकत-सदृशता, कंघेकी तरह होना; कंकतवद्रचना, कंकत-सदृश बनावट, कंघे-जैसी रचना; कंकतन, कंघा करना।

pectiniform a. कंकतवत्, कंकतसम, कंकत-सदृश, कंकत-तुल्य, कंघे-जैसा, कंघी-जैसा।

pectoral[1] n. उरस्त्राण, वक्षस्त्राण, कवच; अंसपक्ष, अंसपेशी; कफघ्न औषध।

pectoral[2] a. आलंकारिक, शोभाजनक; (यहूदियोंके) प्रधान पादरीसे सम्बन्धित; कासघ्न, कफघ्न; उरस्य, वक्षीय, उरःसम्बन्धी, वक्षःस्थल-विषयक, छातीपरका, सीनेका (~ *cross*); ~ arch, girdle अंस-चक्र वक्ष-मेखला।

pectoriloquism n. (फुप्फुस रोगमें) स्टेथॉस्कोपसे रोगीके वक्षकी आवाज सुनना।

pectoriloquy n. = PECTORILOQUISM.

pectose n. (रसा० शा०) आश्लेषघु, अविलेय पदार्थ।

peculate v.t. & i. मोषण करना, धनापहरण करना, चुराना, गबन करना।

peculation n. धनापहरण, गबन।

peculator n. धनापहर्ता, गबन करनेवाला।

peculiar[1] n. व्यक्तिगत सम्पत्ति, निजी जायदाद; विशिष्ट अधिकार; विशेष सुविधा; विशिष्ट जाति एवं सम्प्रदाय; ईश्वरभक्त।

peculiar[2] a. प्रविशेष, विशिष्ट (~ *knowledge, use*); आत्मीय, स्वीय, स्वकीय, निजी, व्यक्तिगत; (विशे०, किसीके) व्यक्तिगत चरित्रका; असामान्य, असाधारण, अनोखा, निराला, अनूठा, अजीब (~ *flavour*); निर्दिष्ट, खास (जैसे, *a point of ~ interest*); विस्मयजनक, अद्भुत, विचित्र, विलक्षण, अनूठा; P~ People कोई व्यक्ति।

peculiarity n. विशिष्टता, विशेषता; असामान्यता, असाधारणता; विलक्षणता, अनोखापन।

peculiarize v.t. सुरक्षित रखना, अलग रखना।

peculiarly adv. विशेषतः, विशिष्टतया; असामान्यतः, असाधारणतः; विलक्षणतया; अनोखे ढंगसे (*they dress ~*)।

pecuniary a. धनीय, धनरूप, आर्थिक, धन-सम्बन्धी, द्रव्य-विषयक, अर्थ-सम्बन्धी; आर्थिक दण्ड-विषयक; तावानी;

~ aid, ~ arrangement, ~ assistance, ~ consideration, ~ damage, ~ dealing, ~ embarrasment, ~ interest, ~ jurisdiction, ~ liability, ~ loss, ~ success, ~ terms, ~ transaction.

ped n. वंशपेटिका, बाँसकी पिटारी, डलिया, टोकरी।

pedagogic, -al aa. शिक्षाशास्त्रीय, शिक्षक-सम्बन्धी।

pedagogics n. संशैक्षिकी, संशिक्षा, अध्यापनशास्त्र।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

pedagogue n. संशिक्षक, बाल-शिक्षक, बाल-अध्यापक।
pedagoguery n. पाठशाला, स्कूल; अध्यापन, शिक्षण।
pedagoguish n. अध्यापक-सदृश, शिक्षककी भाँति।
pedagog(u)ism n. अध्यापकत्व; शिक्षकत्व।
pedagog(u)ist n. संशिक्षाविज्ञ, संशिक्षा-विशेषज्ञ।
pedagogy n. संशिक्षा, संशैक्षिकी, शिक्षाशास्त्र; शिक्षण; प्रशिक्षण।
pedal[1] n. पादवाद्य, काष्ठयन्त्रिका, बाजेकी खूँटियोंको खींचनेका यन्त्र; (पिआनो, स्वरको पूर्णतर बनानेके लिए) पदयन्त्र; पायदान, (सायकिल इत्यादिका) पैडल।
pedal[2] v. i. & t. वाद्ययन्त्रको चलाना, पदयन्त्रको चलाना; पैडलको चलाना।
pedal[2] a. पादिक, पादक, पाद-सम्बन्धी, पैरोंका; ~ note (संगीत) टेक।
~ curve, ~ disc, ~ equation, ~ giand, ~ line, ~ triangle, ~ vehicle.
pedalist n. पादयन्त्रचालक, पायदानचालक, पैडिल चलानेवाला।
pedant n. पाण्डित्याभिमानी व्यक्ति, विद्यादम्भी; अतिसिद्धान्तवादी पुरुष; हेकड़ीबाज, शेखी बघारनेवाला।
pedantic, -al a. पाण्डित्याभिमानी, पाण्डित्यदर्शी, विद्यादम्भी; अतिसिद्धान्तवादी; समुद्धत, हेकड़ीबाज, शेखी बघारनेवाला।
pedantize v.t. & i. पाण्डित्याभिमान करना; नियमनिष्ठा दिखाना; सिद्धान्तपर अटल रहना, हठधर्मी करना।
pedantry n. पाण्डित्याभिमान, पाण्डित्यदर्प, विद्यादम्भ; अतिसिद्धान्तवादिता; हेकड़ीबाजी, शेखीबाजी; हेकड़ी, शेखी।
pedate a. (जीववि०) पादयुक्त, सपाद।
peddle v. i. & t. नगण्य कार्योंमें व्यस्त रहना; अल्पमात्रामें क्रय-विक्रय करना, फुटकर बेचना, फेरी लगाना।
peddler n. पादयन्त्रचालक, पैडिल चलानेवाला; पादचारी, विसाती, फेरीवाला, खोन्चेवाला।
peddlery n. पादचारिता, फेरीवालेका काम; भाण्डवाहन; पादचारिकोपकरण, विसाती या फेरीवालेका सामान।
peddling a. नगण्य, तुच्छ, महत्त्वहीन।
pederasty n. कुमार-मैथुन, लौंडेबाजी।
pedestal[1] n. पाद-पीठ, चौकी; स्तम्भतल, भवनका स्तम्भपाद, खम्भेकी कुर्सी, आधार, नींव, बुनियाद; सचल आलमारी।
pedestal[2] v.t. आधारित करना, (पावेके सहारे) स्थित करना, बैठाना; (चौकी या किसी ऊँचे स्तम्भपर) खड़ा करना, आश्रय देना, सहारा देना।
pedestrian a. & n. पदाति (व्यक्ति), पादचारी (पुरुष), पैदल (यात्री); विचरण-विषयक, गमन-सम्बन्धी; शुष्क तथा नीरस गद्यात्मक; क्षुद्र, उत्साहहीन; निष्प्राण; निरानन्द, बेमजा; स्फूर्ति या प्रेरणाहीन।
pedestrianism n. पादचार, पादगमन, भ्रमण; पादगमनका अभ्यास; पैदल चलनेकी कला।
pedestrianize v. i. पैदल चलनेका अभ्यास करना, पैदल चलना, सैर करना।
pedetentous a. मन्थर, मन्द, मन्दगतिक।
pediatrics n. बाल-वैद्यकी, बालरोगविज्ञान, शिशु-चिकित्सा, शिशुरोग-चिकित्सा।
pedicel, pedicle n. उपवृन्त, पुष्पवृन्त, मंजरी, पुष्पबन्धन, प्रसवबन्धन; (पौधे या जीवका) ग्रीव, वृन्ताकार चक्रमूल।
pedicellate a. सवृन्त, पुष्पवृन्तधृत, पुष्पदण्डधारित, मंजरी द्वारा उत्थापित, डण्ठल द्वारा सम्हाला हुआ।
pedicle n. = PEDICEL.
pedicular a. यूकापूर्ण, यूकायुक्त, यूकामय, जूँ पड़ी हुई, लीक्षायुक्त।
pedicularis n. यूकापर्ण, पेडिक्यूलरिस (एक प्रकारका पौधा)।
pediculate a. = PEDICELLATE.
pediculation n. = PEDICULOSIS.
pediculosis n. सयूकता, यूकायुक्तता, यूकामयता, जुएँसे भरपूर होना, लीक्षायुक्तता।
pediculous a. = PEDICULAR.
pedicure[1] n. पद-चिकित्सा, पैरकी दवा; पादचिकित्सक।
pedicure[2] v.t. पाद-चिकित्सा करना, पैरकी दवा करना।
pedicurist n. पाद-चिकित्सक, पद-चिकित्साशास्त्री।
pedigerous a. सपाद, पादमय, पादयुक्त, पाँवदार, पैरदार; सपादांग, पादाकार अंगयुक्त, पाँवके समान अंगवाला।
pedigree n. अभिजाति; वंशावली, वंशतालिका, वंशचरित, वंशविवरण, पैतृकवंश-वृक्ष; कुल, वंश, नस्ल, पीढ़ी, खानदान; (शब्दकी) व्युत्पत्ति, अन्वय; (गुण०) अभिजात, परिचित कुलका, जानी-बूझी नस्लका (जैसे, ~ *cattle*)।
pedigreed a. अभिजात, अभिजातीय, कुलीन, उच्चवंशोत्पन्न।
pedimanous a. पादाकार हस्तयुक्त, पैरके समान हाथोंवाला।
pediment n. शैलपद; (यूनानी ढंगपर) मकानके अग्रभागके ऊपरका त्रिभुजाकार तोरण; (द्वार या खिड़कीके ऊपर) चाप, डाट।
pedimental a. (स्था०) त्रिभुजाकार।
pedimented a. (स्था०) त्रिभुजाकार तोरणयुक्त।
pedlar n. पादचारी, फेरीवाला, खोंचेवाला, पैकार; क्षुद्रव्यापारी, विसाती; (ला०) संवाददाता, (प्रवाद, अफवाह) फैलानेवाला; ~'s French चोरोंकी बोली।
pedlary n. पादचारिता, फेरीवालेका काम; भाण्डवाहन।
pedobaptism n. शिशु-बप्तिस्मा, बाल-बप्तिस्मा, लड़कोंका बप्तिस्मा।
pedogenesis n. डिम्भजनन, मृदा-उत्पत्ति।
pedologist n. मृदाविज्ञानी।
pedology n. मृत्तिकाशास्त्र, मृदाविज्ञान।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: MoE-IKS

pedometer n. यात्रामापक-यन्त्र, गतिमान, दूरीमापक-यन्त्र ।

pedrail n. पेड्रेल, एक प्रकारका ट्रैक्टर ।

pedrero, pede- n. रोड़े फेंकनेवाली बन्दूक ।

peduncle n. (वन०) वृन्त, पुष्प बन्धन; उपवृन्त, मुख्य वृन्त; (जन्तुवि०) प्रसव बन्धन, गण्डमूल ।

peduncular, pedunculate aa. पुष्पवृन्त-युक्त; पुष्पदण्ड-युक्त, मंजरी-युक्त, वृन्तमय, डण्ठलदार, डण्डीदार; वृन्तीय, वृन्त-विषयक ।

pedunculation n. पुष्पवृन्तता, पुष्पदण्डता, पुष्पवृन्तयुक्तता, पुष्पदण्डयुक्तता, मंजरीयुक्तता, डण्ठलदार होना ।

peek ⊙ n. झाँकना; ~-a-boo ⊙ = HIDE AND SEEK.

peeking ⊙ n. झाँकना ।

peel[1] n. सीमा-स्तम्भ, सरहदी मीनार; नानबाईकी कलछी; (तन्दूरमें) रोटी सेंकनेका बेलचा; रोटीवालेकी रस्सी; आवरण, शल्क, त्वक्, वल्कल, बक्कल, छिलका ।

peel[2] v.t. & i. (फल इत्यादिका) शल्कन करना, छीलना छिलका उतारना; (वृक्ष, पशुओंके शरीर आदिका) चर्मरहित होना, खाल उतरना, देह छिलना, उधड़ना, उधेड़ना; (छिलकेकी भाँति) उतर जाना, निकल जाना; निरावरण होना, नग्न होना; *scattered and ~ed* नष्ट, लुण्ठित, लूटा हुआ, मारधाड़ किया हुआ, मारा हुआ ।

peeler n. शल्कक, छीलनेवाला; शल्कन-यन्त्र, छीलनेका यन्त्र; पुलिसका सिपाही ।

peeling n. उतरा हुआ छिलका (विशे० *potato ~s*); शल्कन, छिलका उतारनेकी क्रिया, छीलना ।

peen n. हस्तघानीका पृष्ठ भाग, हथौड़ेका उलटा सिरा ।

peep[1] n. 'चीं-चीं, चूँ-चूँ, चर-चर' इत्यादिकी ध्वनि; चीत्कार, कर्कश ध्वनि; गुप्त दृष्टि, छिपी निगाह, ताक-झाँक; सूक्ष्म वीक्षा, चोर-दृष्टि, सतर्क दृष्टि; प्रथम दर्शन; प्रकटन, प्रादुर्भाव; आगम, उदय, पूर्वालोक, अरुणोदय; ~-hole गवाक्ष, जालमार्ग, मोखा, झरोखा; ~-show झाँक-तमाशा, सैरबीन, वाइस्कोप; ~ sight बन्दूक आदिकी मक्खी; ~ *of dawn, of day* भोर, प्रातः, सुबह, तड़का ।

peep[2] v.t. 'चीं-चीं, चूँ-चूँ' इत्यादि शब्द करना, चर-चर करना, झिंगारना; चीत्कार करना, कर्कश ध्वनि करना; (*at, into* के साथ) गुप्तरूपसे देखना, छिपकर देखना, ताकना, झाँकना; दृष्टिगत होना, झलकना; दबे पाँव आना; आविर्भूत होना, प्रकट होना, उदय होना; (कली, फूल इत्यादिका) कुछ-कुछ खिलना, खुलना, फूटना (प्रायः *out* के साथ); ~ing Tom, (Godiva की कथामें) एक कामुक पात्र ।

peep-bo n. = BO-PEEP.

peeper n. प्रच्छन्न दृष्टिसे देखनेवाला, झाँकनेवाला, छिपी निगाह डालनेवाला; (आ०) नेत्र, नयन, चक्षु, आँख ।

peep-o'-day n. प्रभात, तड़का, सवेरा ।

peepul, pipal n. पीपल (का पेड़) ।

peer[1] n. समकक्ष व्यक्ति, तुल्य पदासीन व्यक्ति, समान श्रेणीका मनुष्य, साथी (*he is not your ~*); श्रीश; (मारक्विस, अर्ल, इत्यादि) उपाधियाँ धारण करनेवाला व्यक्ति; अभिजात, कुलीन, अमीर, रईस, लार्ड; श्रेष्ठी, महाजन ।

peer[2] v.t. & i. समकक्ष बनाना या बनना, तुल्य बनाना या होना, समान श्रेणीमें होना; (किसी व्यक्तिको) सभ्य समाजमें सम्मिलित करना; अमीर या लार्ड बनाना, श्रीमन्तकी उपाधि देना; ताकना, झाँकना, गौरसे देखना; प्रकट होना, दिखाई देना, झलकना ।

peerage n. अभिजात जन, सम्भ्रान्त पुरुष, कुलीन व्यक्ति, सामन्त वर्ग, सम्मानित नवाब; अभिजातता, सम्भ्रान्तता, कुलीनता, सम्मान; श्रीश-पद, श्रीश-वर्ग, अमीर या लार्डका पद; कुलीन वंशावली, अमीर-खाता, उमराई ।

peeress n. कुलीन व्यक्तिकी पत्नी; सभ्य स्त्री, कुलीन पद-धारिणी स्त्री ।

peerless a. अप्रतिम, अनुपम, अद्वितीय, अतुल, बेजोड़ ।

peerlessness n. अप्रतिमता, अनुपमता, अद्वितीयता, बेजोड़पन ।

peeve v. i. & t. सन्तप्त करना या होना, दुःखी होना या करना, उत्तेजित होना या करना, चिढ़ना या चिढ़ाना, कुढ़ना या कुढ़ाना, चिड़चिड़ा होना या करना; तुनुक-मिजाज होना या करना ।

peevish a. कलहप्रिय, युद्धोद्यत; रूक्षभाव, चिड़चिड़ा, तुनुकमिजाज; कर्कश, रूखा; पिशुन, दुःशील; सन्तप्त होनेवाला, कुढ़नेवाला, चिढ़ जानेवाला ।

peevishness n. कलहप्रियता, युद्धोद्यतता; चिड़-चिड़ापन, तुनुक-मिजाजी; रूक्ष भाव, कर्कशता, रूखापन; पिशुनता, दुःशीलता; सन्तप्तता, कुढ़न, खीझ, चिढ़ ।

peewit n. कुयष्टि, कुयष्टिका ।

peg[1] n. कीलक, कील, खूँटी, खूँटा, नागदन्त, विरंजी, पिन; मद्यपान; मदिरा-चषक, शराबका प्याला, पेग; ~ box बाजेके सिरेका वह भाग जिसमें खूँटियाँ लगी रहती हैं; ~-leg लकड़ीका पैर; ~top कीलदार लट्टू; ~-top trousers चूड़ीदार पायजामा; *a ~ too low* अवमानित, निराहत; उदास, खिन्न; *off the ~* बने-बनाये कपड़े; *put (a man) on the ~* (सेना०; आ०) सेनाधिपतिके समक्ष किसी अपराधमें उपस्थित करना; *take (person) down a ~ or two* (गर्वीले व्यक्तिको) विनम्र करना, अवमानित करना, निस्तेज करना, खराब करना; दिमाग ठीक करना ।

peg[2] v.t. & i. कीलसे जड़ना, मेखसे जड़ना; (कील या मेखसे) मारना, छेदना, निशाना लगाना; (खूँटियाँ गाड़कर) सीमारेखा बनाना, हद बाँधना; (ताशके खेलमें) कीलसे हार-जीतका चिह्न लगाना; ~ *at* (आ०) पत्थर फेंकना, फेंककर मारना; ~ *away* हठपूर्वक कार्यरत

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

रहना, लगातार कार्य करना; ~ *down* नियन्त्रित करना, प्रतिबन्ध लगाना; नियमबद्ध करना, नियमित करना; ~ *out* (CROQUET के खेलमें) लक्ष्य वेधना, खूँटीपर गेंदसे अन्तिम निशाना लगाना; खेल समाप्त करना; विनष्ट होना, बरबाद होना; मर जाना।

pegamoid n. कृत्रिम चर्म, नकली चमड़ा, पेगैमायड।

pegging n. उद्बन्धन।

pegmatite n. निस्थूलाश्म, महाकणाश्म, बड़े एवं खुरदरे कणोंवाला ग्रेनाइट।

peignoir n. (स्त्रियोंका) प्रसाधन-वस्त्र, प्रसाधन-वसन, बनाव-सिंगारका जाकिट।

peirastic a. प्रायोगिक, प्रयोग-विषयक, प्रयोगात्मक, प्रयोगरूपमें, अनुभवात्मक, परीक्षात्मक, अनुभवरूपमें, जाँच-सम्बन्धी।

pejorate v.t. अपकृष्ट करना, गुण घटाना, दोषयुक्त बनाना, और अधिक खराब करना या गिराना।

pejoration n. ह्रासन, अपकर्षण; अपकर्ष, ह्रास, गुणापकर्ष, हीनता।

pejorative a. & n. ह्रासात्मक, अपकर्षात्मक; ह्रासक या अपकर्षक (शब्द); the ~ suffix अपकर्षक प्रत्यय, (अर्थमें) ह्रास या अपकर्ष लानेवाला प्रत्यय।

pejorism n. अतिशय दूषणवाद; अपकर्षण; अपकृष्ट प्रयोग, अपकृष्ट कथन।

pekin, peking n. चीनांशुक, चीन-कौशेय, चीनी रेशम।

Pekin(g)ese[1] n. पेकिन (चीन) में पाया जानेवाला कुत्ता।

Pekin(g)ese[2] a. पेकिनी, पेकिनका, पेकिंगवासी।

pekoe n. उत्तम प्रकारकी काली चाय, पेको।

pelage n. (पशुओंका) शिरोरुहावरण, लोमच्छद, लोमावरण, लोमाच्छादन, रोमाच्छादन, शरीरपरके बालोंकी तह।

pelagian[1] n. उत्सामुद्र प्राणी उत्सामुद्र, (गहरे) समुद्रमें रहनेवाला व्यक्ति या जीव।

pelagian[2] a. उत्सामुद्रप्रजात, उत्सामुद्र, सामुद्रिक, सागरीय, समुद्रवासी।

pelagic a. समुद्राधोवासी, तलप्लावी, समुद्री, सागरीय, खुले समुद्रका; खुले समुद्रमें किया गया; ~ *sealing* सामुद्रिक सीलगीरी, समुद्री सील मछलीका शिकार।

pelargic a. क्रौंच-विषयक, क्रौंच-सम्बन्धी, महाबक-सम्बन्धी, सारसका।

pelargonium n. बकतुण्डी पौधा, कषायमूल, पौधोंकी एक प्रजाति।

pelerine n. स्कन्ध-वस्त्र, स्त्रियोंका गुलूबन्द।

pelf n. धन, सम्पत्ति, अर्थ, द्रव्य, माल, दौलत; अन्यार्जित धन, मुफ्तका माल।

pelican n. प्लव; श्वेत-जलपक्षी, मत्स्यभक्षी जलपक्षी, पानीकी चिड़िया।

pelisse n. स्त्रियोंका परिधान; जनाना चादर; जनाना लबादा; बच्चोंकी पोशाक; (अश्वारोही या सैनिकोंके पहननेकी) समूरके गोटेकी जैकेट।

pell n. त्वचा, चर्म, चमड़ा; चर्मपत्र-वेष्टन, चर्मपत्रका वेलना; चर्मलेख, चर्मपत्र, चर्मपत्र-लेख, चमड़ेपर लिखे गये दस्तावेज।

pellagra n. वल्कचर्म, शीर्णत्वग् रोग, पिलैग्रा।

pellagrin n. शीर्णत्वग्-रोगी।

pellagrous a. वल्कचर्म-विक्षिप्त, पिलैग्राके कारण पागल।

pellet[1] n. पत्रकन्दुक; गुलिका, रोटीकी छोटी गोली; गुलेला, गुलेली; वटिका, गुटिका, गोली; औषधवटी; छोटा छर्रा; (सिक्कोंपर) गोल उभार या फूल आदि।

pellet[2] v.t. (विशे० कागजकी) गोली या गुलेलीसे भरना।

pellicle n. छादि, पटल, तनु त्वक्, सूक्ष्म चर्म, सूक्ष्म आवरण, पुट, जाली, झिल्ली।

pellicular a. सूक्ष्मत्वचीय, जालीदार, झिल्लीदार बारीक चमड़ेका।

pellitory n. हरिपुष्पी, दन्तमूल, एक पौधा।

pell-mell[1] n. अनिश्चितता, अस्पष्टता; घबड़ाहट; अव्यवस्था, गड़बड़ी, हुल्लड़; झड़प, खींचातानी, कशमकश।

pell-mell[2] a. अनिश्चित, अस्पष्ट; अविवेकपूर्ण; संकुल, संकीर्ण, गडमड; अस्तव्यस्त, क्रमविहीन।

pell-mell[3] adv. अस्पष्टतः; अविवेकपूर्ण ढंगसे; गड़बड़ ढंगसे, उलटे-सीधे; बिना क्रम, गडमड, अव्यवस्थित ढंगसे, बेतरतीबीसे।

pellucid a. निर्मल, विमल, स्वच्छ, पारदर्शी, झीना; स्फटिक-सदृश, बिल्लौरवत, शीशे-सा (विशद); (शैली) विशद, शुद्ध, सुस्पष्ट, प्रसादपूर्ण; (विचारोंमें) सुलझा हुआ; विशद मस्तिष्कवाला।

pellucidity, pellucidness n. निर्मलता, स्वच्छता, पारदर्शिता; विशदता, शुद्धता, प्रसाद, सफाई; दिमागका सुलझाव।

Pelmanism n. पेलमैन-प्रणाली, स्मरणशक्तिके प्रशिक्षण-की एक बीसवीं शतीकी विधि।

pelmet n. परदा, लटकन।

pelota n. (टेनिससे मिलता-जुलता) बास्कका एक खेल।

pelt[1] n. अजिन, लोमाजिन, (बकरी या भेड़का) लोमयुक्त चमड़ा, समूरकी खाल; धारासार-वृष्टि, अति जल-वृष्टि, घनघोर वर्षा; अविरल अस्त्र-वर्षा, निरन्तर गोलियोंकी बौछार; लोष्टघात, ढेलेकी मार; प्रहार, आघात, ~-monger चर्म-विक्रेता; (*at*) *full* ~ पूरी गति (से)।

pelt[2] v.t. & i. धारासार-वृष्टि होना, घनघोर पानी बरसना; अविरल अस्त्र-वर्षा करना या होना, निरन्तर गोली चलाना या चलना; गालियोंकी बौछार करना या होना; लोष्टाघात करना, ढेलेसे मारना।

pelta n. (प्रा०) वर्म, छत्र, ढाल।

peltate a. छत्रीय, वर्माकार, वर्माकृति, ढालके आकारका, ढालवाला।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

pelter n. धारासार वृष्टि, मुसलाधार वर्षा; अविरल गोलाबारी करना, अस्त्र-वर्षा करनेवाला, गोलियोंकी बौछार करनेवाला; लोष्टाघात करनेवाला, ढेलेसे मारनेवाला; गालियोंकी बौछार करनेवाला।

pelting n. वर्षा, बौछार; अस्त्र-वर्षा, गोलियोंकी बौछार; *at full* ~ क्षिप्र गतिसे, अत्यन्त वेगसे।

peltry n. लोमयुक्त चमड़ा, बालदार चमड़ा; कच्चा चमड़ा।

pelvic a. नितम्ब-, नितम्बीय, श्रोणि-, श्रोणीय, श्रोणिपात्रीय, श्रोणिखातीय, पेड़ू-सम्बन्धी; कुक्षीय, कोखका; वस्तिदेशीय; ~ bone वस्ति-अस्थि;

~ abscess, ~ arch, ~ colon, ~ diaphragm, ~ fin, ~ girdle, ~ measurement.

pelviform a. नितम्बाकार, चिलमचीके आकारका।

pelvimeter n. श्रोणिमान, श्रोणिमापक-यन्त्र।

pelvis n. श्रोणि, श्रोणि-खात, श्रोणिपात्र, कुक्षि, वस्तिदेश, पेड़ू, कोख।

Pembroke n. (~ *table*, *p*~) पेम्ब्रोक नगर (वेल्स) की बनी टेबिल।

pemmican n. मांसभरी रोटी, मांसकी कचौड़ी; (उत्तरी अमरीकाके मूलवासियोंकी) विशेष प्रकारकी रोटी; (यात्रियोंके कलेवेके लिए, किशमिश मिला एवं तला हुआ) गायका गोश्त; (ला०) संक्षिप्त निबन्ध, अति सूक्ष्म या संक्षिप्त साहित्य।

pemphigous a. फफोलेदार।

pemphigus n. चर्मरोग (जिसमें चमड़ेपर फफोले पड़ जाते हैं), फफोला।

pen[1]* n. लेखनी, कलम*, होल्डर, पेन; निबन्ध, लेख, रचना; रचना शैली (*wields a formidable* ~); अवरोध, व्रज, गोठ, गोशाला, गौसार, खड़क; क्षेत्र, खेत; वृक्षारोपण, रोपनी; घेरा, हाता, छोटा बाड़ा; ~ & ink लिखाईका सामान, लिखाई; ~-&-ink लिखित; ~-holder होल्डर (जिसमें निब लगती है); ~knife कोषक्षुरक, जेबी चाकू, कलमतराश; ~man ग्रन्थकार, लेखक, रचयिता, कलमका धनी, लिक्खाड़; ~manship लेखनकला, रचना प्रवीणता, साहित्य चातुर्य; ~-name साहित्यिक उपनाम; ~ picture शब्दचित्र; ~-point⊙ निब; submarine ~ पनडुब्बियोंका बाड़ा; *live by* one's ~ लिखकर जीवननिर्वाह करना; *talk like a* ~ *gun* अतिशीघ्र बातें करना।

pen[2] v.t. सृजन करना; रचना करना, लिखना; अवरुद्ध करना; रोकना, मूँदना, बन्द करना, (अहाते इत्यादिमें) घेरना, छेंकना।

penal[1] n. सपरिश्रम कारावास, दण्डस्वरूप बन्धन, कठोर दण्ड; दण्डभोगस्थान (~ *colony*); ~ code दण्डसंहिता।

penal[2] a. आपराधिक, दाण्डिक, दण्डविधायक; दण्डार्ह, दण्डनीय, काबिल सजा; दण्डस्वरूप निर्धारित, दण्डविधान-द्वारा निर्णीत (जैसे ~ *servitude*);

~ action, ~ bond, ~ clause, ~ consequences, ~ deduction, ~ effect, ~ interest, ~ labour, ~ laws, ~ measure, ~ premium, ~ provision, ~ removal, ~ statute, ~ sum.

penalize v.t. दण्डित करना, दण्डाधीन करना, दण्डनीय बनाना, सजाके योग्य ठहराना; (खेल०) पेनल्टी लगाना।

penalty n. शास्ति, दण्ड, अर्थदण्ड, हर्जाना, जुर्माना, तावान, पेनल्टी; हानि, क्षति; ~ area (फुटबाल) पेनल्टीक्षेत्र, पेनल्टी-एरिया।

penance[1] n. प्रायश्चित्त, अनुताप; (प्रायश्चित्त स्वरूप) आत्मनिग्रह; तपस्या, तपश्चर्या; *do* ~ प्रायश्चित करना, अनुताप करना; तपस्या करना।

penance[2] v.t. प्रायश्चित्त-व्यवस्था करना, प्रायश्चित्त करनेका निर्णय देना; तप करना।

penannular a. आपूर्ण वलयित, आपूर्ण वलयाकृति, लगभग वलयाकार, कुछ पूरे वृत्तका सा।

Penates n. (यूनानी पुराण) गृहदेवता; Lares and ~ घर-द्वार।

pence n. PENNY का बहु०।

penchant n. रुचि, रुझान, झुकाव, पसन्दगी, तबीयत।

pencil[1]* n. तूली*, तूलिका, कूँची, बुरुश; वर्तिका; रंगकारशैली, चित्रकारिता, नक्काशी; सीसांकनी, अंकनी, पेंसिल*; शलाका, रेखा-सूची; पेंसिलकी आकृतिकी वस्तु; ~-case पेंसिलदान;

~ cedar, ~ drawing, ~ eraser, ~ notes, ~ point, ~ point protector, ~ sharpener, ~ stone.

pencil[2] v.t. (पेंसिलसे) चिह्न लगाना, निशान लगाना; (पेंसिलसे) शीघ्रतासे लिखना, संक्षेपमें लिखना; लिख रखना, दर्ज करना।

pencilled a. पेंसिलसे लिखा या चिह्नित किया गया।

penciller n. (ग्रा०, घुड़दौड़में) शर्तका व्यवस्थापक, प्रबन्धक, मुहर्रिर।

pencilliform a. पेंसिलवत्, पेंसिल-सदृश, पेंसिल-जैसा।

pencilling n. (पेंसिल द्वारा) अंकन, चित्रण, लिखना।

pendant[1], **-ent** n. दोलक, लोलक, प्रालम्ब, लटकन; कुण्डल, कर्णावतंस, कर्णफूल, झुमका, ऐरन; (नौवि०) कूप-रस्सी; (युद्धपोतोंपर) गोपुच्छ-ध्वजा, पताका, गावदुम झण्डा; घड़ीका टँगना; समकक्ष, समानान्तर, समान, तुल्य, सहचर, पूरक।

pendency n. लम्बमानता, लटकाव, झुकाव; अनिष्पन्नता; अनिर्णय, अनिश्चय, दुविधा; विचाराधीनता।

pendent[2], **-ant**[2] a. निलम्बी, लम्बमान, प्रलम्बित, लटकता हुआ, झूलता हुआ; अनिर्णीत, अनिश्चित, सन्दिग्ध, द्विधापूर्ण; अस्थिर; वादकालीन, विचाराधीन; (व्या०) अपूर्णरूपात्मक; (शब्दरचना) त्रुटिपूर्ण।

pendentive n. (स्था०) गुम्बजीय त्रिभुज, गुम्बजकी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:

डाट।

pendicle n. आश्रित अंग, आश्रित भाग; पराश्रित देश, परतन्त्र देश, पराधीन देश।

pending[1] a. लम्बित, लम्बमान (~ *work*); अनिर्णीत, अनिश्चित; अनिष्पन्न, अपूर्ण; स्थगित, विचाराधीन (~ *case*)।

pending[2] prep. पर्यन्त, अवधिमें, तक (~ *negotiations*, ~ *his return*)।

pendragon n. (प्रा०) राजा, सरदार।

pendulate v. i. लोलदण्डवत् घूमना, पेण्डुलमकी तरह चक्कर काटना; (ला०) अनिश्चित रहना; अनिष्पन्न होना; विचाराधीन होना।

penduline a. निलम्बी, दोलायमान, चलायमान, गतिमान, अस्थिर, लटकता हुआ।

pendulous a. निलम्बी, लम्बित, लटकता हुआ, दोलायमान, गतिमान, चल, अस्थिर; स्थगित, विचाराधीन।

pendulousness n. निलम्बिता, दोलायमानता, चलायमानता, गतिमानता, अस्थिरता, लटकन, लटकती अवस्था।

pendulum n. निदोल, दोलक, दोलक-यन्त्र, लोलक, लोलदण्ड, लटकन, पेण्डुलम; लंगर; गतिमान्, विलम्बी, लटकनेवाला, लहरानेवाला; *swing of the* ~ राजनीतिक अवस्थामें उलट-फेर, जनमतका उतार-चढ़ाव।

penecontemporaneous a. आसामयिक, लगभग समकालीन।

Penelope n. सती सीता, सती देवी, पतिव्रता नारी; एक पक्षी।

peneplain n. (क्षरण एवं निक्षेप द्वारा निर्मित) स्थलीप्राय, पठार, पहाड़ियोंका चौरस मैदान, पेनिप्लेन।

penetrability n. प्रवेशनीयता, प्रवेश्यता, व्याप्ति, भेदनीयता, वेधनीयता; ग्राह्यता, पैठ।

penetrable a. ग्राह्य, प्रवेश्य, भेद्य, वेधनीय, छेदने योग्य।

penetralia n. देवायतनाभ्यन्तर, देवालयका आन्तरिक भागः रहस्य, भेद, राज।

penetrancy n. भेदकता, भेदकारिता, प्रवेशकारिता; सूक्ष्मदर्शिता, मर्मज्ञता; सूक्ष्मता, तीक्ष्णता, तीखापन।

penetrant a. भेदकारी, भेदी, प्रवेशकारी; सूक्ष्मदर्शी, मर्मज्ञ, पैठनेवाला; सूक्ष्म, तीक्ष्ण, तीखा।

penetrate v.t. & i. प्रवेश होना, पहुँच होना, पैठ होना, आर-पार होना; प्रवेश करना, पैठना, भेदन करना, विदीर्ण करना, भोंकना, बींधना, घुसना, चुभना, छेदना, सालना, सूराख करना, आर-पार करना, दाखिल होना; निःसरण होना, निर्गमन होना, आर-पार जाना; (व्यक्ति या वस्तुको) व्याप्त करना, अनुप्राणित करना, आच्छादित करना, असर डालना, रँगना; (ला०) अभिप्राय जानना, आशय ग्रहण करना, विवेक करना, बोध होना, बूझ जाना, समझना, तह तक पहुँचना (*into, through, to* के साथ)।

penetrating a. भेदक, भेदकारी, अन्तःप्रवेशी, वेधी, तीव्र, प्रवेशकारी, घुसनेवाला, छेदनेवाला, चुभनेवाला, पैना, तेज (~ *power*)।

penetration n. प्रवेशन, वेधन, भेदकरण, प्रवेशकरण, घुसना, छेदना, वेधना; प्रवेश, भेद, वेध; अर्थबोध, अर्थज्ञान, ग्रहण-सामर्थ्य, पैठ; कुशाग्रता, तीक्ष्णबुद्धित्व, विदग्धता।

penetrative a. वेधी, भेदी, चुभनेवाला, छेदनेवाला, वेधनेवाला; कुशाग्र, तीक्ष्णबुद्धि, सूक्ष्म-मति, विदग्ध, मर्मवेदी।

penetrator n. प्रवेशक, भेदक, छेदक, प्रवेश करनेवाला, घुसनेवाला, तह तक पहुँचनेवाला; मर्मज्ञ, तीक्ष्णमति।

penguin n. सामुद्रिक पक्षी-विशेष, (दक्षिणी जगत्का एक पक्षी), पेंग्विन।

penguinery, penguinry nn. पेंग्विन पक्षियोंका स्थान।

penial a. शिश्नीय, शिश्न-विषयक, लिंग-सम्बन्धी, लिंगीय (~ *artery*)।

podex n. पुच्छभाग, पृष्ठभाग, पिछला भाग; नितम्ब, चूतड़; गुदा, गुदप्रदेश, मलद्वार।

podge n. स्थूल-वामन पुरुष; छोटा-नाटा व्यक्ति।

podgy a. स्थूल-वामन, नाटा-मोटा, नटवा।

podic, -al a. पादिक, पाद-सम्बन्धी, पाद-विषयक, पैरका; हस्त-विषयक, हस्त-सम्बन्धी, हाथका।

podium n. पादक, पाद, पैर; हस्तक, हस्त, हाथ।

podocarp n. फलवृन्त, फलका डण्ठल।

podophthalmate a. (जीववि०) सवृन्ताक्ष, वृन्ताक्ष-युक्त, वृन्ताक्ष।

podoscaph n. पादचालित नौका, पैरसे खेयी जानेवाली नाव।

podsol n. भस्ममृदा, धूसर भूमि।

poe-bird n. = PARSON-bird.

poem n. पद्य, पद, कविता, छन्द, काव्य, गीत; (ला०) काव्यप्रबन्ध, काव्यबन्ध; काव्यमय कृति, पद्यमय कृति, छन्दोबद्ध रचना।

poephagous a. तृणाशी, तृणभक्षी, घास खानेवाला।

poesy n. काव्यकला, काव्यरचना, पद्यरचना, छन्द-रचना, कविता, कवित्व, कविताई; कवितासंग्रह, काव्यसंग्रह, काव्यनिचय, पद्यमाला, पदसमूह।

poet n. कवि, सूरि, पद्यलेखक, पद्यकार, गीतकार, काव्य-रचयिता, काव्यप्रणेता, छन्दकार; P~s' Corner वेस्ट-मिनिस्टर एबेका कवि-स्थल (जहाँ अनेक कवियोंकी समाधियाँ हैं); (हास्य०) कविस्तम्भ, काव्यस्तम्भ, कवियोंका कोना (समाचार-पत्रोंमें); P~ Laureate राजकवि।

poetaster n. क्षुद्रकवि, कुकवि, नगण्य कवि, कठकवि, तुक्कड़।

poetess n. कवयित्री, पद्यलेखिका।

poetic, -al aa. काव्यात्मक, काव्यमय, पद्यमय, छन्दो-बद्ध, पद्यात्मक, कवितावद्ध; कवि-सुलभ (~ *licence*); (प्रायः *poetic*) सरस, भावपूर्ण; ~ works काव्यकृतियाँ।

poeticize v.t. काव्यात्मक बनाना, पद्यमय करना, छन्दोबद्ध करना, कविताका रंग देना।

poetics n. काव्यशास्त्र, पद्यशास्त्र, छन्दःशास्त्र, रीति-शास्त्र, अलंकारशास्त्र, साहित्य-शास्त्र।

poeticule n. दे० POETASTER.

poetize v. i. (गद्यको) काव्यमय करना, पद्यमय करना; काव्य रचना, पद्य-रचना करना।

poetry n. काव्य, कविता; कवित्व, कविताई; काव्यात्मक रचना, कविकृति, काव्यरचना, काव्यबन्ध, काव्यप्रबन्ध; काव्यात्मकता, कवित्वपूर्णता; prose ~ काव्यमय गद्य, गद्यकाव्य, गद्यगीत।

pogrom n. (रूसमें सरकारी या अर्द्ध सरकारी) व्यवस्थित डाकाजनी, व्यवस्थित लूट; पूर्वनिश्चित वध, पूर्वनिश्चित हत्या, पूर्वनिश्चित कत्ल।

poignancy n. तीक्ष्णता, तीव्रता, तेजी।

poignant a. (स्वाद या गन्धमें) तीक्ष्ण, तीव्र, तिक्त, कटु, पैना, तीता, तीखा, कड़ुवा, तेज; उग्र, घोर, भयंकर, (~ *sarcasm*) गहरा, अतितीव्र; तिग्म, प्रखर, प्रचण्ड, मर्मभेदी, मर्मस्पर्शी, हृदयविदारक।

poilu n. (फ्रांसीसी) अश्वारोही, अश्व-सैनिक, घुड़सवार।

poind v.t. अवरुद्ध करना, बन्द करना।

point[1]* n. चिह्न, बिन्दु*, विराम, पाई⊙ (*full* ~); दशमलव-चिह्न (*four* ~ *six*, 4·6); स्थल, प्रकरण, पद, विषय, वस्तु; (प्रदर्शनी या प्रतियोगिता आदिमें) अंक, नम्बर; मूल्यकी इकाई, प्वाइण्ट; अंश, (टाइप या मुद्रणाक्षर नापनेकी इकाई), प्वाइण्ट; (शिकार) दौड़की सीध, (वह स्थान जहाँतक शिकार सीधे दौड़े), ढाल-चिह्न; (विशेष तापमानका) अंश, बिन्दु, दरजा; क्षण, वेला, समय, अवसर; लक्षण, विशेषण, वैशिष्ट्य, विभेदक चिह्न, विशेष चिह्न; प्रश्न, प्रसंग, विवादविषय, ठीक बात, (जैसे, *that is just the* ~); कोटि, अग्र*, धारा, अनी, नोक, सिरा (~ *of the stick*); (सैनि०) धारा, अग्रदल, अग्रसर दल; घोड़ेके चारों पैर (जैसे, *bay with black* ~*s*); नोकदार शस्त्र, कण्टक, काँटा; काँटा, प्वाइण्ट (जहाँ पटरीपर गाड़ी बदलती है; (pl.) स्थान. जगहें⊙; भूनासिका, (इति०) एक प्रकारका छल्लेदार फीता; (नौवि०) पाल-बन्द; (कहानी, व्यंग्य आदिका) सार, उद्देश्य, आशय, सारांश, तत्त्व, तात्पर्य, गूढ़ अर्थ, मर्म, रहस्य; तीक्ष्णता, तीव्रता, प्रखरता, प्रचण्डता; तीव्रानुभूति (*his remarks lack* ~); शिकारका चिह्न, शिकारी कुत्तेकी खोज; अन्त, अवधि; boiling ~ कथनांक, बुद्बुदांक; freezing-~ ह्यानांक, हिमांक; ~-duty (रेल) आवागमननियत्रंण, काँटेका काम; ~ of order औचित्य-प्रश्न, आपत्ति; ~ of view (ला०) दृष्टिबिन्दु, दृष्टिकोण, विचारप्रणाली; ~sman काँटेवाला, प्वाइण्ट्स मैन; *at all* ~*s* सर्वत्र, पूर्णतया; *at the* ~ *of death* मृतप्राय, मरणासन्न, मरणोन्मुख, आसन्नमृत्यु, कब्रमें पैर लटकाये; *carry* one's ~ उद्देश्यकी सिद्धि करना, अपना लक्ष्य प्राप्त कर लेना, अपनी बात मनवा लेना; *give* ~*s to* (ला०) वरिष्ठ होना, अधिक योग्य होना; (खेलमें) प्रतिपक्षीको अंक ले लेने देना; *in* ~ युक्त, युक्तियुक्त, संगत, न्याय्य, उचित, ठीक, जँचता हुआ; प्रसंगानुकूल; *make a* ~ तर्क उपस्थित करना, प्रमाण

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

प्रस्तुत करना; *make a ~ of* आवश्यक मानना, महत्त्वपूर्ण समझना; *not to put too fine a ~ upon it* सीधी बात कहना, खरी-खरी सुनाना, लल्लो-चप्पो न करना; *~ of honour* सम्मानका प्रश्न; *to the ~* युक्त, यथार्थ, संगत, प्रासंगिक, जँचता हुआ; ~ focus, ~ indicator, ~ source, ~ system, ~ wandering.

point[2] v.t. & i. नुकीला बनाना, नोक निकालना, तेज करना, पैना करना, धार रखना; (कचित्) यति-चिह्न लगाना, विराम-चिह्न लगाना; (बात, कार्य आदिको) संगति प्रदान करना, तर्कयुक्त करना, गति देना, दिशा देना; (दीवार इत्यादिमें कन्नीसे) टीप करना, जोड़ भरना; (फावड़ेसे खाद या मिट्टी) फोड़ना, अलट-पलट करना, गोड़ना; (शा० एवं ला०) ध्यान देना, ध्यान दिलाना, संकेत करना; (शिकारी कुत्तेको शिकारकी ओर) संकेत करना; इंगित करना, उँगली दिखाना, इशारा करना; अस्त्र उठाना, हथियार तानना; साध्य बनाना, लक्ष्य बनाना; प्रवृत्त होना; *~ out* निर्देश करना, इंगित करना, संकेत करना, इशारा करना।

point-blank[1] a. (बन्दूकका निशाना) लम्बरूप, सरल, सीधा; ~ distance, range सीधी मारकी दूरी, सीधे निशानेकी दूरी, सीधी मार।

point-blank[2] adv. सीधमें, सीधा निशाना करते हुए; (ला०) प्रत्यक्षतः, स्पष्टतया, दो टूक, खरी-खरी (*refused it ~*)।

point-device[1] a. (प्रा०) यथातथ्य, तथ्यानुरूप, अक्षरशः सत्य, नपा-तुला, बिल्कुल ठीक।

point-device[2] adv. यथातथ्यरूपसे, तथ्यानुरूपेण, अक्षरशः सत्य, ठीक-ठीक।

pointed a. कण्टाग्र, तीक्ष्णाग्र, निशित, सूच्यग्र, तीक्ष्ण, नुकीला, तीखा, नोकदार, पैना (*~ end*); मार्मिक, मर्मभेदी, मर्मस्पर्शी; प्रत्यक्ष, स्पष्ट, बलपूर्ण, खुला हुआ; रसपूर्ण; निर्दिष्ट, सूचित।

pointedness n. कण्टाग्रता, तीक्ष्णाग्रता, निशितता, तीक्ष्णता, नुकीलापन, पैनापन; मार्मिकता, मर्मभेदिता, मर्मस्पर्शिता; रसपूर्णता; प्रत्यक्षता, स्पष्टता, बलपूर्णता।

pointer n. नुकीला करनेवाला, टेनेवाला; सूची, (घड़ीकी) बड़ी सुई, (किसी भी यन्त्रकी) सुई; निर्देशक, सूचक; निर्देशिका, निर्देशदण्ड; (बोल०) संकेत, इंगित, सूचना, इशारा; मृगयादर्शक कुत्ता; (बहु०) गौतम और भरद्वाज नक्षत्र: (बहु०) नोकें ⊙।

pointillage n. अंगुलि द्वारा समाचार-प्रेषण, अंगुल्यग्र द्वारा सन्देश-वाहन।

pointillism n. बिन्दुकन, बिन्दुचित्रण, बिन्दुओं द्वारा चित्र बनानेकी शैली।

pointillist n. बिन्दुक, बिन्दुचित्रकार, बिन्दुचितेरा।

pointing n. निर्देश, सूचन, निर्देशन; तीक्ष्णीकरण, टेवाई; (दीवार आदिका) सन्धिपूरण, टीप करना; सन्धिपूरण-सामग्री; (स्तोत्र आदिमे) यति, चिह्नीकरण।

pointless a. अनिशित, अतीक्ष्ण, कुन्द, भोथरा, गोंठिल, बिना धारका, बिना नोकका; फल्गु, नीरस, रुचिहीन, अर्थहीन; (खेल आदिमें) निरंक, अंकहीन।

pointlessness n. अतीक्ष्णता, भोथरापन, गोंठिलपना; फल्गुता, नीरसता, रुचिहीनता, अर्थहीनता, निरंकता, अंकहीनता।

poise[1] n. (शा० एवं ला०) सन्तोल; भारसाम्य, सन्तुलन, मनःशान्ति; अंगसौष्ठव; झुकाव, झमकाव, झमकाहट; दुविधा, असमंजस, अनिश्चय, पशोपेश।

poise[2] v.t. & i. सन्तुलित करना या रखना, तौलना, सँभाले रहना, पकड़े रहना, थामे रहना, सहारा दिये रहना; (सिरको विशेष ढंगसे) झमकाना, झुकाना; (हवामें) लटकना, झूलना।

poison[1]* n. जांगुल, गरल, श्वेड, कालकूट, हलाहल, विष*; (ला०) विध्वंसक सिद्धान्त, विनाशक विचारधारा; *what's your ~* (बोल०) क्या पियोगे?

~ bait, ~ baiting, ~ berry, ~ bulb, ~ campaign, ~ duct, ~ fang, ~-flower, ~-gas, ~ glands, ~ hemlock, ~ ivy, ~ jaw, ~ nut, ~ pills, ~ poppy, ~ sac, ~ solution, ~-tree, ~-wood.

poison[2] v.t. विषाक्त करना, विषयुक्त करना, विषमय करना, जहर मिलाना; जहरमें बुझाना; विषप्रयोग करना, जहर देना, जहर देकर मारना; कुमार्गी बनाना, बिगाड़ना, खराब करना, गन्दा करना; (आनन्दमे) विघ्न डालना, बाधा पहुँचाना; ~ pen विषलेखक, (निन्दापूर्ण या अश्लील पत्रोंका) व्यंग्य-लेखक; *hate each other like ~* परस्पर घोर घृणा रखना, एक-दूसरेको फूटी आँखों न देख सकना; *one man's meat is another man's ~* किसीको बैंगन बैरी, किसीको बैंगन पथ्य।

poisoned a. विष-, विषाक्त, विषलिप्त, विषपूर्ण, जहर-वाला; ~ food विषान्न।

poisoner n. विषघाती, विषदायी, विष देनेवाला, जहर पिलानेवाला।

poisoning n. विषायण, विषाक्तता, विष देना।

poisonous a. विषाक्त, विषैला, विषालु, सविष, विषमय, जहरीला (*~ drug*)।

poisonousness n. विषाक्तता, विषालुता, सविषता, विषमयता, जहरीलापन।

poitrel n. अश्ववक्षस्त्राण, अश्वोरस्त्राण, घोड़ेके पेटका कवच।

poke[1] n. थैला, थैली, बोरा, बोरी, झोला, खलीता, बटुआ; ~-pudding पेटू, मस्त, मोटा-ताजा (अँग्रेज); *pig in a ~* अकस्मात् उपलब्धि।

poke[2] n. आघात, प्रहार, भोंक, चुभन, हूल, गूल, गोंच, गुच्च, किहुनियाव, किहुनीकी मार; (दुष्ट पशुओंके गलेका) डिंगर, डैना; (स्त्रियोंकी टोपी आदिका) छज्जा; ~-bonnet छज्जेदार टोपी।

poke[3] v.t. & i. आघात पहुँचाना, भोंकना, चुभोना, हूलना, ढकेलना, गोंचना, गुच्चना, किहुनियाना, कुहनी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

मारना; (आगको सलाई या खोदनीसे) उकसारना, उलटना-पलटना; (कालकोठरी इत्यादिमें बन्द होकर) बैठे रहना; चुभाकर छिद्र बनाना, भोंककर छेद करना; अड़ाना, भिड़ाना, आगे करना; भेद लेना, टोह लेना, आहट लेना, खोजना, ढूँढ़ना (प्रायः *into* के साथ); ~ *about*, ~ *& pry* भेद लेना, टोह लेना, छान-बीन करना; ~ *fun at* परिहास करना, फबतियाँ कसना; ~ one's *nose into* person's *affairs* (किसीके मामलेमें) टाँग अड़ाना, दखल देना; ~ one's *head* (स्वभावसे ही) गरदन झुकाकर चलना, सिर झुकाकर चलना।

poker[1] n. तुद, अग्निशलाका, कुरेदनी, खोदनी; (आक्स० एवं कैम्ब्रि० में) भाट, चारण, कड़खेत, बन्दीजन; (बेल-बूटे काढ़नेकी) गरम सलाई; *as stiff as a* ~ (व्यवहार या आचरणमें) वज्रादपि कठोर, पत्थरसे भी कड़ा; *by the holy* ~ (हास्य०) मुझे सौगन्ध है।

poker[2] v.t. (गरम सलाईसे लकड़ीकी चीजोंपर) बेल-बूटे खोदना।

poky a. (कक्ष, स्थान आदि) तुच्छ, संकीर्ण, सँकरा, छोटा, गन्दा; (व्यवसाय आदि) क्षुद्र, तुच्छ, नगण्य, अधम, नीच, रद्दी।

polacre, -acca n. (भूमध्यसागरमें) त्रिपाल पोत, तीन मस्तूलका जलयान।

polar[1] n. ध्रुवीय वक्र, स्पर्शच्छेदीय वक्र रेखा।

polar[2] a. ध्रुव-, ध्रुवीय; ध्रुवक्षेत्रीय; ध्रुवात्मक, चुम्बकीय; धनात्मक या ऋणात्मक विद्युत्वाला; (ला०) ध्रुवानुरूप, ध्रुवगुण-सम्पन्न, (दोनों) ध्रुवोंके समान, ध्रुवनक्षत्रके समान; नितान्त प्रतिकूल, बिल्कुल उल्टा; ~ bear, hare ध्रुवीय रीछ, ध्रुवीय खरहा; ~ circles ध्रुववृत्त; ~ curve स्पर्शच्छेदी वक्ररेखा; ~ distance ध्रुवीय कोणीय अन्तर, दूरी;

~ air, ~ belts, ~ cell, ~ equation, ~ front, ~ globule, ~ line, ~ nodule, ~ plane, ~ plug, ~ point, ~ region, ~ seas, ~ triangles, ~ zone.

polarimeter n. ध्रुवमान, ध्रुवमापक-यन्त्र; अभिस्पन्दमान।

polarimetry n. ध्रुवमापन, अभिस्पन्दमिति।

polariscope n. ध्रुवेक्ष, ध्रुवीक्षक यन्त्र, ध्रुवदर्श, ध्रुव-दर्शक यन्त्र; अभिस्पन्देक्ष।

polarity n. ध्रुविता, ध्रुवाभिसारिता, ध्रुवाभिमुखता, ध्रुवदर्शकता; (ला०) ध्रुवता, ध्रुवीयता; विद्युद्दीयता, विद्युद्वहन-शक्ति; (ला०) आकर्षण, चुम्बकीयता।

polarizable a. ध्रुवणीय, अभिस्पन्दनीय।

polarization n. ध्रुवण, अभिस्पन्दन, विद्युच्छक्तिजनन, चुम्बकन, चुम्बक पैदा करना।

polarize v.t. & i. ध्रुवन करना, ध्रुवित करना, अभिस्पन्दन करना; विद्युत्शक्ति उत्पन्न करना, चुम्बकत्व पैदा करना; (ला०, शब्द आदिमें) चमत्कार पैदा करना, विशेष अर्थ भरना; एकदिशाभिमुख करना, एक दिशामें लाना।

polarizer n. ध्रुवक, अभिस्पन्दक।

polatouche n. (रूसी) उड़नेवाली गिलहरी।

polder n. (हौलैण्डमें जलसे निकली हुई भूमि), उद्धारित भूमि, पोल्डर।

pole[1] n. स्तम्भ, खम्भा, लग्घा, लग्घी, दण्ड, बाँस, बल्ली; (ताँगे, गाड़ी आदिका) बम; (माप) पोल = ५॥ गज; *up the* ~ (ग्रा०) दुविधामें, असमंजसमें, कठिनाईमें; *under bare* ~*s* (नौवि०) बिना पालके।

pole[2] v.t. खम्भा गाड़ना, बल्ली लगाना, लग्घा गाड़ना।

pole[3] n. ध्रुव, पोल (*North, South*, ~); (रेखा०) मूलबिन्दु, आदिबिन्दु, ध्रुवबिन्दु; बैटरीके दोनों सिरे (जैसे, *positive, negative* ~); (प्राणिवि०) ध्रुव (किसी गोल अंगकी मुख्य धुरीके दोनों सिरे); (ला०) विलोम, (दो विपरीत सिद्धान्तोंमेंसे प्रत्येक); magnetic ~ चुम्बकीय ध्रुव, ध्रुवबिन्दु; ~-star ध्रुवतारा, ध्रुवनक्षत्र; (ला०) आकर्षण, पथप्रदर्शक; आशाकेन्द्र, आशाबिन्दु; ~*s of a circle, of a sphere* स्पर्शच्छेदबिन्दु, व्यासके दोनों सिरे;

~ cap, ~ cells, ~ crop, ~-crop methods, ~-strength, ~ strength measurement, ~ward, ~ wood.

Pole[1] n. पौलैण्डका निवासी।

pole-ax(e)[1] n. कुठार, परशु, परश्वध, फरसा, तवर, गँड़ासा; शूलपरशु (भाला और फरसायुक्त); वधिक-कुठार, वधिककी कुल्हाड़ी।

pole-ax(e)[2] v.t. फरसे या कुल्हाड़ीसे पशुका) वध करना।

polecat n. गन्धमार्जार, मार्जारिका (एक यूरोपीय मांसाहारी दुर्गन्धयुक्त चौपाया), पोलकैट।

polemarch n. ग्रीक सैनिक अधिकारी, यूनानी कमाण्डर।

polemic[1] n. विवादास्पद विषय, टण्टा, बखेड़ा; (pl.) शास्त्रार्थ, वाग्युद्ध, वादविवाद; शास्त्रार्थी, वाग्योद्धा, विवादी, विवादकुशल, हुज्जती।

polemic[2] a. विवादास्पद, विवादग्रस्त, वितण्डापूर्ण; वादकुशल; शास्त्रार्थकुशल, विवाद-प्रिय, टण्टहा, झगड़ालू, बखेड़िया।

polemical a. विवादीय, शास्त्रार्थीय, विवादात्मक, वादार्थक।

polemics n. वादानुवाद।

polemize v.t. शास्त्रार्थ करना, विवाद करना।

polemoscope n. दूरेक्ष, दूरवीक्षक, दूरवेक्षण-यन्त्र।

poleward a. ध्रुवाभिमुख, ध्रुवकी ओरका।

poleward(s) adv. ध्रुवाभिमुख (होकर), ध्रुवकी दिशामें, ध्रुवकी ओर।

police[1] n. पौरिक, नगरपाल, आरक्षी, आरक्षक, पुलिस; आरक्षक-विभाग, पुलिस-विभाग; आरक्षक दल, पुलिसके सिपाही; ~-court आरक्षी न्यायालय, पुलिस न्यायालय; ~-dog आरक्षक-श्वान, (पुलिसके सहायतार्थ कुत्ता);

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~-magistrate, ~ judge ⊙ आरक्षक दण्डाधिकारी, पुलिस दण्डाधिकारी; ~man आरक्षक जन, सिपाही, पुलिस; ~-office आरक्षक कार्यालय, पुलिस कार्यालय; ~ state आरक्षक राज्य, पुलिस राज्य; ~-station आरक्षक-स्थान, थाना, कोतवाली, पुलिस-चौकी;

~ armour, ~ authorities, ~ authority, ~ charge sheet, ~ coat, ~ constable, ~ custody, ~ department, ~ district, ~ drill, ~ enquiry, ~ escort, ~ force, ~ gazette, ~ general diary, ~ guard, ~ hospital, ~ inspector, ~ intelligence, ~ judge, ~ jurisdiction, ~ justice, ~ library, ~ officer, ~ official, ~ out-post, ~ papers, ~ party, ~ patrol, ~ pattern, ~ post, ~ power, ~ practical test, ~ purposes, ~ register, ~-registered, ~ regulation, ~ remount fund, ~ report, ~ rules, ~ service, ~ squad, ~ surveillance register, ~ training college, ~ training school, ~ wireless officer, ~woman.

police[2] v.t. आरक्षण करना, पुलिस द्वारा नियन्त्रण करना; पुलिस नियुक्त करना; (ला०) नियोजन करना, नियन्त्रण करना, प्रशासन करना, व्यवस्था करना।

policlinic n. गृहचिकित्सालय, खानगी अस्पताल; बाह्यचिकित्सा विभाग।

policy[1] n. नीतिकौशल, नीतिमत्ता, राजनीतिज्ञता, राजनीति-कौशल, राज्यशासन-कौशल; नीतिज्ञता, वैदग्ध्य, विचक्षणता, चातुर्य, बुद्धिमत्ता; धृष्टता; चालाकी, चतुराई, चण्टई; कपटता, चालबाजी; दक्षता, निपुणता, कौशल; नीति, नय, नीतिक्रम; राजनीति, कूटनीति; कार्यक्रम, कार्यपद्धति, रीति, युक्ति, कार्यविधि; (स्काटलैण्ड) गृहोपवन, गृहोद्यान।

policy[2] n. गोपलेख, गोपपत्र, बीमापत्र, पालिसी; ~-holder बीमापत्रधारी, पालिसी लेनेवाला; ~-shop द्यूत-स्थल, जुएकी जगह;

~-broker, ~ decision, ~ loan, ~ matter, ~ question, ~ statement, ~ year.

poling n. अवष्टम्भ, स्तम्भ, खम्भे।

poliomyelitis n. (निदान०) धूसरमज्ज-प्रदाह, रीढ़के भीतरकी सूजन; शिशुपक्षाघात।

poliosis n. केश-कपिशता, केश-धूसरता या बालोंका धूसरपन।

polish[1]* n. द्युति, कान्ति, चमक, लकलकाहट; रोगन, पालिश*; (ला०) परिष्कार, परिमार्जन, संस्कार, सौजन्य, शिष्टता, सुशीलता, सभ्यता, सुघड़ाई।

polish[2] v.t. & i. श्लक्षण करना, प्रमार्जन करना, माँजना, लकालक करना, चिकनाना, चमकाना, रोगन करना, पालिश करना; (ला०) परिष्कृत करना, परिमार्जित करना, उपस्कृत करना, सुसंस्कृत करना, शोधना; सभ्य बनाना, सुघड़ बनाना, ~ *off* शीघ्र पूर्ण करना चट्ट-पट्ट करना, तुरन्त समाप्त करना; ~ *up* शोभा उत्पन्न करना, चमक-दमक पैदा करना, तड़क-भड़क पैदा करना।

Polish n. पोलैण्ड-वासी, पोलिस्तानी, पोलिश।

polishable a. श्लक्ष्णीय, प्रमार्जनीय, माँजने योग्य, चमकाने योग्य।

polished a. परिष्कृत, प्रमार्जित, पालिशदार (~ *rice*)।

polisher n. परिष्कारक, प्रमार्जक, मँजैया, चमकैया।

polishings n. (pl.) पालिशके कण, झाड़न।

polite a. शिष्ट, सभ्य, संस्कृत, परिष्कृत; विनीत, विनम्र, सभ्य, शिष्ट (~ *manners*); दक्षिण, सुजन, सुशील, भद्र, भलामानुस; सम्भ्रान्त, कुलीन; (साहित्य आदि) परिमार्जित, परिष्कृत, मँजा हुआ; चारु, भव्य, सुन्दर, उच्चकोटिका।

politeness n. शिष्टता, सभ्यता, संस्कृतत्व, परिष्कृतता; विनय, विनम्रता; दक्षिणता, सुजनता, सौजन्य, शिष्टाचार।

politesse n. विनीति, विनय; सचातुर्य विनय, विदग्ध नम्रता।

politic a. मेधावी, विचक्षण, चतुर, प्रतिभावान्, कुशाग्रबुद्धि; विवेकी, दूरदर्शी; नीतिज्ञ, नीतिकुशल, नयविज्ञ, नीतिनिपुण, कूटनैतिक, नागर; अनुभवी, दुनियादार, समझदार; उचित, उपयुक्त, संगत, श्रेयस्कर, उत्तम, वरेण्य, वांछनीय; कुशल, निपुण; चालाक, चालबाज, मक्कार; जुगुती, पतेबाज; सांवैधानिक; body ~ राज्यसंस्था, राष्ट्र।

political[1] n. राजप्रतिनिधि।

political[2]* a. शासकीय, राजकीय, शासन-विषयक, राज्यविषयक; सार्वजनिक, जनविषयक; राजनीतिक*; शासनतन्त्रात्मक, राज्यतन्त्रात्मक; राजनीति-प्रिय, राजकाजी; ~ geography राजनीतिक भूगोल; ~ verse आधुनिक ग्रीक पद्य;

~ activity, ~ affairs, ~ agent, ~ aspect, ~ department, ~ economy, ~ division, ~ movement, ~ organization, ~ party, ~ power, ~ rights, ~ warfare.

politicaster n. अवर राजनीतिज्ञ, घटिया राजनीतिज्ञ, टुटपुँजिहा राजकाजी।

politician n. राजनीतिज्ञ, राजनीतिवेत्ता, राजनीतिशास्त्री; नीतिज्ञ, नीतिकुशल, राजकार्य-धुरन्धर; राजनीति-प्रिय, राजनीति-प्रेमी; राजनीति-व्यवसायी, पेशेवर राजकाजी ⊙।

politicize v. i. & t. राजनीतिज्ञ बनाना; राजनीति-प्रवृत्त होना, राजनीति-रत होना, राजकार्य करना; राजनीतिक वार्तालाप करना; राजनीतिक रंग देना, राजनीतिके रंगमें रँगना।

politics n. राजनीतिशास्त्र, राजनीति-विज्ञान; राजनीति, कूटनीति; राजनीतिक विषय, राजनीतिक सिद्धान्त।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

polity n. शासनतन्त्र, राज्यतन्त्र, राज्यव्यवस्था; राज्य-पद्धति. राज्य-शासन-विधि, राजधर्म, राजनीति, दण्डनीति, शासन-प्रणाली ।

polk v. i. पोल्का (POLKA) का नाच नाचना ।

polka n. (एक बोहेमियन नृत्य) पोल्का; (स्त्रियोंकी एक फतुही) पोल्का ।

poll[1] n. (बोल० या हास्य०) मुण्ड, शिर, सिर, मूँड़; चाँद, कपाल, खोपड़ी, कपार; मत-लेखन; मतदाताओंकी गणना; मतदान, मत-संख्या, दत्तमत-संख्या; ~-tax व्यक्ति-कर, प्रतिपुरुष-कर, प्रतिमुण्ड-कर ।

poll[2] v.t. & i. केश-कर्त्तन करना, मूँड़ना, बाल काटना, झाड़ना; (पौधों आदिका) शीर्षच्छेदन करना, छाँटना, कतरना, कतरकर छोटा करना; मत प्राप्त करना, वोट पाना; मत माना जाना, वोट स्वीकार होना; मतदान करना, वोट देना ।

poll[3] a. & n. (समासमें विशेषणार्थक) लूनशृंग, सिंगकटा, मुण्डा, डुँड़वा, ठूँड़ा; (जैसे, *~-beast, -ox*) ।

poll[4] n. (प्रायः वाक्यांशोंमें) (तोतेका व्यक्तिवाचक नाम) आत्माराम, गंगाराम, मिट्ठू (जैसे, *~ parrot*) ।

poll[5] v.t. & i. रटना, रटाना; तोतेकी तरह बोलना ।

poll[6] n. (कैम्ब्रिज, आ०) उपाधिधारी, डिग्रीधारी, साधारण शिक्षा प्राप्त व्यक्ति; (गुण०) साधारण, साधारण डिग्रीधारी; *~* degree साधारण उपाधि; *~*-man साधारण उपाधिधारी, पास डिग्रीधारी; *go out in the P~* उपाधि प्राप्त करना, डिग्री लेना ।

pollable a. विशोधनीय, मूँड़ने योग्य, छाँटने योग्य; मतदान योग्य; मतदान पाने योग्य ।

pollack, -ock n. (कॉड-सदृश एक मछली), पोलक ।

pollard[1] n. कृत्तस्कन्ध, सिंगकटा, मुण्डा, डुँड़वा; (पशुओंकी) एक मुण्डी जाति; मुण्डा पेड़, ठूँठ; चोकर, भूसी, कना-।

pollard[2] v.t. (वृक्षको) मुण्डा बनाना, छाँटना, गंजा करना ।

polled a. निकृत्त, शृंगविहीन, छाँटा गया, काटा गया, बिना सींगका ।

pollen[1] n. पुष्प-रज, रेणु, पांशु, पराग; *~* chamber, *~* flower, *~* grain, *~* propotency, *~* sac, *~* tube.

pollen[2] v.t. रजयुक्त करना, परागमय करना; रजसे ढँकना; रेणु या पराग पहुँचाना ।

pollenless a. रजोविहीन, परागरहित ।

pollent a. दृढ़, मजबूत; सशक्त, शक्तिमान्, बलवान्, ताकती, ताकतवर ।

poller n. मतदाता, वोटर ।

pollex n. अंगुष्ठ, अँगूठा; अंगुष्ठवत् अंग, अँगूठे जैसा अंग ।

pollicitation n. प्रतिश्रुति, प्रतिज्ञा, वचन, वादा ।

pollinar n. सपुष्परज, पराग-युक्त, पराग-आच्छादित ।

pollinate v.t. परागण करना, पराग संक्रमण करना ।

pollination n. परागण, पराग-संक्रमण, पराग-संक्रामण, पराग-दान ।

polling n. मतदान; *~* booth मतदान-मण्डप; *~* station मतदान-केन्द्र ।

pollinic a. परागीय, परागकेशरीय ।

polliniferous a. रजबहुल, पराग-बहुल ।

pollinodium n. पुंधानी ।

pollinose a. = POLLINAR.

pollinosis n. पीतज्वर, कालज्वर ।

pollster n. (संयुक्तराज्यमें दलनिर्णयके लिए) प्रयोगात्मक मतदान लेनेवाला, प्रयोगात्मक चुनाव करनेवाला, प्रयोगार्थ वोट लेनेवाला ।

pollute v.t. दूषित करना, अपवित्र करना, मलिन करना, कलुषित करना, अशुचि करना, भ्रष्ट करना, बिगाड़ना, खराब करना; (पानी आदि) पंकिल करना, गँदला करना ।

polluted a. दूषित, अपवित्र (*~ water*) ।

pollutedness n. दूषितत्व, अपवित्रता, मलिनता, कलुषितता, भ्रष्टता, अशुचिता; पंकिलता, गँदलाहट ।

polluter n. दूषक, अपवित्रकर्ता, मलिनकर्ता, कलुषीकर्ता, अशुचिकर्ता, भ्रष्ट करनेवाला; पंकिल करनेवाला, गँदला करनेवाला ।

pollution n. कलुषीकरण, दूषण, अपवित्रता, मलिनता, कालुष्य, अशौच, भ्रष्टता; पंकिलता, गँदलाहट ।

polo n. अश्वकन्दुक, चौगान, पोलो; *~*-stick अश्व-कन्दुक-दण्ड, चौगान खेलनेका डण्डा ।

polonaise n. (स्त्रियोंका एक पहनावा) अँगिया, पोलोनेस; पोलैण्डका एक नाच; उस नाचके साथका संगीत ।

polonium n. तोयातु, पोलोनियम ।

polony n. (*P~ sausage* भी) सुअरके अधपके मांसका रसा या शोरवा ।

poltergeist n. (लोकगीत एवं अध्यात्मवादमें) एक गर्जनकारी दुष्ट प्रेत, शैतान, पोल्टरजीइस्ट ।

poltroon n. स्फूर्तिहीन, साहसहीन, भीरु, कादर, कायर, नपुंसक, पुरुषार्थहीन, बुजदिल, डरपोक आदमी ।

poltroonery n. स्फूर्तिहीनता, साहसहीनता, भीरुता, कादरता, कायरता, बुजदिली ।

polyacoustic a. बहुध्वनि-, बहुध्वनिक, विस्तृत ध्वनियुक्त ।

polyadelphous a. नैकपुंकेसर, अनेकपुंकेसरी, बहु-पुंकेसर-युक्त ।

polyandrian a. = POLYANDROUS; (वन०) बहु-केसरयुक्त, बहुकेसरी, पुरुपुकेसर ।

polyandrist n. अनेकपतिका स्त्री, बहुपतिका स्त्री, बहुभर्तृका ।

polyandrous a. बहुपतिका, अनेकपतिवाली; दे० POLYANDRIAN.

polyandry n. बहुपतित्व, अनेकभर्तृकता ।

polyanthus n. पुरुपुष्पी-प्रजाति; पुरु-पुष्पी, बहुपुष्पा, एक सदाबहार भेषज ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

polyarchy n. पुरुतन्त्र, अनेकतन्त्र, बहुतन्त्र, नैकशासन, अनेकशासन, बहुशासन, कई आदमियोंकी सरकार।
polyatomic a. अनेकाणविक।
polyautography n. LITHOGRAPHY का पूर्व नाम।
polycarpic a. नैककालफली, अनेककालफली, एकसे अधिक बार फलनेवाला।
polychromatic a. पुरुवर्ण, अनेकवर्णीय, बहुरंगा।
polychrome[1] n. रंगबिरंगा चित्र, रंगबिरंगी मूर्ति; रंगवैविध्य, वर्णबाहुल्य, रंगबिरंगापन।
polychrome[2] a. विविधवर्ण-सज्जित, बहुरंगा।
polychromy n. बहुवर्णकला, बहुरंगमुद्रण, रंगबिरंगी छपाई।
polycladous a. पुरुवृन्त, अनेकशाख, कई डालोंवाला।
polyclinic n. सर्वोपचारगृह, सर्वचिकित्सालय, सामान्यचिकित्सालय।
polydactylous a. (पशु) पुरु-अंगुलि, बहु-अंगुलि।
polydaemonism n. बहुदेववाद।
polydipsia n. बहुतृषा, अतितृषा, बहुत अधिक प्यास लगना।
polyembryony n. बहुभ्रूणता।
polygamic a. बहुपत्नीक, पत्नीबहुल।
polygamist n. बहुपत्नीवादी; अनेकपत्नीक, अनेक पत्नियोंवाला व्यक्ति।
polygamous a. बहुपत्नीक, बहुभार्यक; (क्व०) बहुपतिका; (जन्तु०) बहु-सहचर; (वन०) सर्वलिंगी, उभयलिंग (~ *plant*)।
polygamy n. बहु-विवाह, अनेक विवाह, बहुभार्यत्व, बहुपत्नीत्व।
polygastric a. पुरूदर, अनेकोदर, बहूदर, बहामाशयिक, कई पेटोंवाला।
polygenesis a. पुरुजनन, अनेकजनन, बहुजनन।
polygenetic a. पुरुच्छाय, बहुजननीय, नैकजननविषयक, अनेकजनन-सम्बन्धी।
polygenic a. = POLYGENETIC.
polygenous a. बहुविध, बहु-प्रकार; पुरुजनन-विज्ञान-विषयक, अनेकजनन-शास्त्र विषयक, बहुजनन-सिद्धान्त-सम्बन्धी।
polygeny n. नैकजनन-विज्ञान, अनेकजनन-शास्त्र, बहुजनन-सिद्धान्त।
polyglot a. & n. बहुभाषिक, अनेकभाषी; बहुभाषी, बहुभाषिया; बहुभाषाविद्; (पुस्तक, विशे० बाइबिल) बहुभाषामय, बहुभाषा-रचित, अनेक भाषानुवादित।
polyglottal, polyglottic aa. बहुभाषीय, अनेकभाषीय।
polyglottalism n. बहुभाषाज्ञान, बहुभाषियापन।
polygon n. पुरुभुजक्षेत्र, बहुभुज, बहुभुज आकृति; बहुरुख; ~ of forces बल-बहुभुज-क्षेत्र, बल-केन्द्र बहुकोण-आकृति।
polygonal a. बहुभुज, बहुकोण, बहुकुनिया (~ *prism*)।
polygram n. बहुरेखी आकृति।
polygraph n. बहुप्रतिलिपिक-यन्त्र; बहु-ग्रन्थकार, विविधरचनाकार; प्रतिलिपि।
polygraphic a. बहुप्रतिलिपिक-यन्त्रीय, बहुप्रतिलिपीय, बहुलेखीय।
polygraphy n. बहुग्रन्थकारिता, बहुलिपिता।
polygyny n. = POLYGAMY.
polyhedral a. बहुतल, बहुफलकीय।
polyhedron n. बहुफलक, बहुफलक क्षेत्र, बहुतल, नैकतल, अनेकतल क्षेत्र।
polyhistor n. पुरुविद्, बहुविद्, बहुज्ञ, सर्वज्ञ, बहुपठित, बहुशास्त्रज्ञ; विद्वद्वर, महाज्ञानी, महापण्डित, उद्भट विद्वान्।
polymath n. पुरुविद्, बहुज्ञ, बहुशास्त्रज्ञ इत्यादि।
polymathy n. नैकज्ञान, ज्ञानानैक्य, बहुशास्त्रज्ञान, बहुज्ञान, बहुविषयज्ञान, अनेकविषयज्ञान।
polymerism n. गुणितावयविता, पुरुभाजता।
polymorphic a. पुरुरूप, अनेकरूप, बहुरूप, बहुआकृतिक।
polymorphism n. पुरुरूपता, अनेकरूपता, बहुरूपता।
polymorphous a. = POLYMORPHIC.
polyneuritis n. पुरुतन्त्रिका-शोथ, बहुतन्त्रिकार्ति।
polynia n. हिमसन्धि, हिमदेशीय झील, बरफिस्तानी झील।
polynomial a. नैकनाम, अनेकनाम, बहुनाम, कई नामोंवाला; (बीजग०) नैकपद, अनेकपद, बहुपद (~ *regression*)।
polyonymous a. नैकोपाधि, अनेकोपाधि, बहूपनाम, अनेक नामोंवाला।
polyopia n. गुणित दृष्टि।
polyp(e) nn. पुवेंगक, निम्नपशु-प्रजाति; किसी यौगिक जीव-वर्गका प्राणी।
polypary n. पूर्वेंगकाधार, पॉलीपरी।
polypetalous a. पुरुदल, अनेकपर्ण, बहुपर्ण, नैकपत्र, अनेकदल, बहुपत्र, कई पंखड़ियोंवाला।
polyphagia n. (चिकि०) अतिक्षुधा, क्षुधातिशय, क्षुधातिशयता; अत्यन्त भूख।
polyphagous a. घस्मर, अत्याशी, अतिभोजी, बहुभुक्, बहुत खानेवाला; अनेकान्नभोजी, कई प्रकारके खाद्य खानेवाला।
polyphone n. (लिपि) बहुस्वन वर्ण।
polyphonous a. बहुध्वनि, बहुस्वन।
polyphyletic a. POLYGENETIC.
polyphyllous a. बहुपर्ण, अनेकपत्र, बहुपत्र, बहुत पत्तियोंवाला।
polypod a. & n. पुरुपाद, बहुपाद; पादबहुल, अनेकपाद, बहुतसे पैरोंवाला।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

polypody n. एक पर्णागप्रजाति; पुरुपादता ।
polypoid a. पुर्वगकीय, पुर्वगकवत्, पोलीपी, पोलीप-जैसा; बहुगुणित ।
polypus[1] n. (pl. *-pi*) पुर्वगक, पुरुपाद, बहुपाद, अनेकपाद; बहुमूल ।
polypus[2] a. दे० POLYPOID.
polyspermous a. पुरुबीज, अनेकबीज, बहुबीज, बहुबीजयुक्त, अनेकबीजयुक्त; अनेकबीजोत्पादी, बहुबीजोत्पादी ।
polystome n. अनेकास्य पशु, अनेकमुख पशु, बहुमुख पशु, कई मुँहवाला जानवर ।
polystyle[1] n. अनेकस्तम्भ भवन, कई खम्भोंवाला मकान ।
polystyle[2] a. नैकावष्टम्भ, अनेकस्तम्भ, बहुस्तम्भ, कई खम्भोंवाला ।
polysyllabic, -al a. (शब्द) पुरुवर्ण, बहुवर्ण, बहुक्षर, अनेकाक्षर, अक्षरबहुल पदों या शब्दोंसे युक्त ।
polysyllable n. पुरुवर्णपद, अनेकाक्षर शब्द ।
polysyndeton n. (व्या०) संयोजकावृत्ति, संयोजक अव्ययकी पुनरावृत्ति ।
polysynthetic a. बहुयुक्त, पुरुश्लिष्ट (शब्द) ।
polytechnic a. & n. पुरुकलात्मक, बहु-कलात्मक, विविधकला-विषयक; P~ (Institution) बहुशिल्प-शिक्षणालय, विविधकला-विद्यालय; बहुकला-केन्द्र, पॉलीटेकनिक ।
polythalamous a. नैककक्ष, अनेककक्ष, बहुकक्ष, बहुत कमरोंवाला ।
polytheism n. बहुदेववाद, अनेकदेवोपासना ।
polytheist n. बहुदेववादी, बहुदेवोपासक, बहुदेवपूजक ।
polytheistic a. बहुदेववादी, बहुदेववादात्मक, बहुदेवात्मक ।
polyuria n. बहुमूत्रता ।
polyzoa n. जलचर, हरिताजीव, पालिजोआ ।
polyzoan a. जलचर, हरिताजीवी, पालिजोई ।
polyzoarium a. पालिजोई जलाशय ।
pom n. (पामरेनियाका कुत्ता) पॉम ।
pomace n. फलपेष, पोमेस, (पिसे हुए सेवकी बची हुई लुगदी) ।
pomaceous a. फलपेषवत्, सेवकी लुगदी-जैसा, पोमेस-विषयक, सेवकी लुगदीवाला; सेववत्, सेवसदृश, सेव-जैसा; सेव-विषयक, सेव-सम्बन्धी ।
pomade[1] n. वासवसा, एक सुगन्धित केश-लेप, फुलेल ।
pomade[2] v.t. वासवसा-लेपन करना, फुलेल लगाना ।
pomander n. इत्रदान, फुलेलदानी ।
Pomard, Pomm- n. लाल शराब ।
pomatum n. & v.t. दे० POMADE.[1] & [2].
pome n. (वन०) उत्कोलक, आताल, सेबीय, पोम (रसदार फूलोंकी एक प्रजाति); (काव्य०) सेब; धातु-गुटिका ।
pomegranate n. करक, दाड़िम, अनार; (~ *tree* भी) दाड़िमवृक्ष, अनारका पेड़ ।
pomelo n. (pl. *-s*) महानिम्बु, चकोतरा ।
pomfret n. एक मिठाई; एक मछली ।
pomiculture n. फल-संवर्धन, फल-पालन, फल-कृषि ।
pomiferous a. आताली, उत्कोलकीय, सेववाला ।
pomiform a. सेवाकृति, सेवाकार, सेवकी आकृतिका ।
pommel[1] n. गुहम, पिण्ड, गोला; (विशे०, तलवारकी मुठियाकी) गाँठ, घुण्डी; काठीका उभड़ा हुआ अग्रभाग ।
pommel[2] v.t. मुकियाना, घुँसियाना; (मूँठ या घुण्डी-से) हूलना, पीटना, कूचना ।
pomological a. फलकृषीय, फलकृषि-शास्त्रीय, फलसंवर्धन-विज्ञान-विषयक ।
pomologist n. फलकृषिशास्त्री, फलसंवर्धन-ज्ञानी ।
pomology n. फलकृषि-शास्त्र, फल-संवर्द्धन-विज्ञान, फल-विज्ञान ।
Pomona n. (रोमन पुराण) फलदेवी ।
pomp n. आडम्बर, दिखावा, तड़क-भड़क, चमक-दमक; ठसक, धूम-धड़ाका, ठस्सा; श्री, शोभा, टीम-टाम, ठाठ, शान-शौकत; वैभव, ऐश्वर्य, प्रताप; समारोह, धूमधाम; (बहु०) मिथ्या वैभव, मायाडम्बर ।
pompadour n. केशसज्जा, केशप्रसाधन, केशशृंगार ।
pompano n. एक खाद्य मछली, पम्पानो ।
pompier a. अनलशामक, आग बुझानेवाला (जैसे, *~ ladder*) ।
pompion n. कूष्माण्ड, घीया, लौकी, कद्दू, पेठा, भूरा कुम्हड़ा, मटमैला कोंहड़ा ।
pom-pom n. हवामार तोप, पम-पम ।
pompon n. (सैन्य) शिरोभूषण, सिरका आभूषण, सिरका अलंकरण ।
pomposity n. आलंकारिकता, शब्दजाल, आडम्बर, शब्दाडम्बर ।
pomposo adv. गौरवतः, गौरवसे, महत्त्वतः, महत्त्वपूर्वक, शानसे, राजसी ठाठसे ।
pompous a. साडम्बर, भड़कीला, शानदार; विभ्राजमान्, शोभन, सश्रीक; विभूतिवान्, महाप्रताप, ऐश्वर्यवान्; साटोप, दाम्भिक, गर्वित, दर्पपूर्ण, गर्वीला, आत्माभिमानी, अहंकारी, ठस्सेबाज; (भाषा) अलंकृत, सालंकार, चमत्कारपूर्ण, वैचित्र्यमयी, कृत्रिम, क्लिष्ट, दुरूह, समासपूर्ण ।
pompousness n. आडम्बर; वैभव, ऐश्वर्य; श्री, शोभा, शानशौकत, ठाट-बाट, टीम-टाम; दम्भ, अहंकार; आलंकारिकता, शब्दाडम्बर, शब्दजाल ।
ponce n. वारांगनोपजीवी व्यक्ति, वेश्योपजीवी पुरुष, रण्डीके आसरे रहनेवाला आदमी, भाँड़, भंडुवा ।
ponceau n. अधिरक्तापीत, पोस्तका रंग, पोस्तेका रंग ।
poncho n. (pl. *-s*) दक्षिणी अमरीकी कफनी, पोंचो ।
pond n. सर, सरसी, सरोवर, तड़ाग, जलाशय, ताल, पोखरा, तालाब; (हास्य०) सागर, समुद्र; *~-life* तड़ाग-जीव, जलजन्तु; *~ lily* ⊙ वाटरलिली; *~ master* तड़ाग-प्रबन्धक; *~weed* जलकुम्भी, सेवार;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~-heron, ~ reservoir, ~-scum, ~-scum parasite, ~ snail, ~ tortoise, ~ weed.

pondage n. जलाशयता, तालाबकी समाई, जल-संचय, जलविस्तार; जलसंचय-कर या महसूल।

ponder v.t. & i. चिन्तन करना, ध्यान करना; विवेचन करना, विमर्श करना, सोचना, विचारना; आकलन करना, आँकना, जाँचना, मनमें तौलना; चिन्तनरत होना, ध्यानमग्न होना।

ponderability n. गुरुत्व, भारत्व, भारीपन, मननीयता, विचार्यता, चिन्तनयोग्यता।

ponderable a. गुरु, भारी, बोझीला, वजनी; (ला०) गण्य, मननीय, विचारणीय, चिन्तनयोग्य।

ponderableness n. = PONDERABILITY.

ponderal a. भार-विषयक, तौल-सम्बन्धी; भारनिर्णीत, तौल द्वारा निश्चित।

ponderance n. भार, बोझ; महत्त्व, गुरुत्व।

ponderate v.t. & i. तौलना, वजन करना; चिन्तन करना, ध्यान करना, सोचना, विचारना।

ponderation n. तोलन, सन्तुलन, तौलाई; मनन, चिन्तन, ध्यान; आकलन।

ponderer n. चिन्तक, ध्याता, विवेचक, विम्रष्टा, आकलयिता, आँकनेवाला, मनमें तौलनेवाला।

ponderous a. गुरु, सभार, भारी, बोझीला, वजनी; श्रमसाध्य, श्रमपूर्ण, कठिन, जटिल, बेढबः (शैली) नीरस, शुष्क; शब्दजालपूर्ण।

ponderousness, ponderosity nn. भारीपन, वजनीपन; कठिनता, श्रमसाध्यता; जटिलता; नीरसता।

pone[1] n. (ताशमें) पत्ते बाँटनेवालेके दाहिनी ओरका खिलाड़ी।

pone[2] n. मक्केकी रोटी, जॉनी केक।

ponent a. (सैन्य०) पाश्चात्य, पश्चिमी, पछाँहीं, पच्छाहीं।

pongee n. चीनी रेशमी कपड़ा, पांगी।

pongo n. अफ्रीकी वन-मानुष, पोंगो।

poniard[1] n. कृपाण, क्षुरिका, कटार, खंजर।

poniard[2] v.t. कृपाण भोंकना, कटार भोंकना, खंजर मारना।

pontage n. सेतु-कर, पुलपरकी चुंगी, पुलका टैक्स।

pontifex n. (रोमन पुराण) रोमन पुरोहितोंके महाविद्यालयका सदस्य; पादरी, पोप।

pontiff n. (रोमन) धर्माध्यक्ष, मुख्य पुरोहित, पादरी, पोप।

pontifical[1] n. नियमसंग्रह, नियमावली; (pl.) पादरीका पहनावा।

pontifical[2] a. धर्माध्यक्षीय, पादरीका, मुख्य पुरोहित-सम्बन्धी।

pontificate n. धर्माध्यक्षाधिकार, पादरी-पद; धर्माध्यक्षाधिकार-काल, पादरी-पद-अवधि।

pontify v. i. धर्माध्यक्ष बनना, पादरी बनना; दोषहीन होनेका दम भरना, पूर्ण होनेका दावा करना।

pont-levis n. अचल सेतु।

pontoon[1] n. प्लुतक, चिपिट नौका, पाण्टून (चिपटे पेंदेकी नाव); नौका-सेतु, नावका पुल, पीपा; ~-bridge पीपोंका पुल, नौकासेतु।

pontoon[2] v.t. नौका-सेतु या पीपेके पुलसे पार उतरना।

pontoon[3] n. दे० VINGT(ET)-UN.

pontooneer, -ier n. नौका-सेतुकार, पाण्टून-सेतुकार, पाण्टून-पुल बनानेवाला।

pony n. टट्टू, छोटजिया घोड़ा (~-*tax*)।

pood n. लगभग ३६ पौण्डके बराबर एक रूसी बाट।

poodle[1] n. मानी, पूडल (कुत्तेकी एक जाति)।

poodle[2] v.t. (कुत्तेके) बालोंको चित्र-विचित्र ढंगसे काटना।

pooh int. (तिरस्कार-सूचक) उँह्!

pooh-pooh v.t. तिरस्कार करना, दुतकारना, झिड़कना; उपहास करना, हँसी उड़ाना।

pool[1] n. पुष्कर, पल्वल, निपान, कुण्ड, पोखर; डाबर, डबरा, तलइया, गड्ढी; (नदीमेंका) खात, दह, गड्ढा।

pool[2] v.t. (मेख ठोंकनेके लिए) छेद करना; (खानमें) सुरंग खोदना।

pool[3] n. सामूहिक जुएका एक खेल; (जुएकी सामूहिक) दाँवकी धनराशि; व्यावसायिक संघ, सन्निधि, संकोश, (व्यवसायोंका) गोलक, सामूहिक लाभ-कोश; (व्यक्तियों या वस्तुओंका) समुच्चय, निकाय।

pool[4] v.t. साझा करना, पत्ती करना, हिस्सा बँटाना।

pooled a. संगृहीत, एकत्रित (~ *estimates*)।

pooling n. एकत्रीकरण, समूहीकरण।

poon n. एक पेड़, पून (~-*oil*)।

poonac n. पिष्टबीजावशेष, खल, खली।

poop[1] n. नौपृष्ठ, जलपोतका पृष्ठभाग।

poop[2] v.t. (लहरोंका नौपृष्ठको) प्लावित करना, बोर देना, (नौपृष्ठपर) पानी चढ़ आना।

poop[3] दे० POPE.

poop[4] n. (ग्रा०) बेहूदा, तीन कौड़ीका, बेकामका।

pooped a. नौपृष्ठयुक्त।

poor* a. दीन, रंक, निःस्व, निर्धन, अकिंचन, वित्तहीन, दरिद्र, कंगाल, गरीब*; दुर्गत, अभावग्रस्त; कुत्सित, गर्हित, तुच्छ, अधम, विगुण, मलीन, अपकृष्ट, ओछा, घटिया, भद्दा, गया-बीता; अनुर्वर, अनुपजाऊ, ऊसर, बंजर (~ *land*); रूक्ष, निर्गुण, असार; अपर्याप्त, कम, मामूली (~ *opportunity*); अशक्त, निःसत्त्व, निष्प्राण, हीन, निर्जीव, दुर्बल, बलहीन, दुबला, कमजोर; अभागा, बेचारा*; ~-box दान-पात्र; धर्मार्थ सन्दूक (जिसमें दानके पैसे डाले जाते हैं); ~-house दरिद्रालय, अनाथाश्रम, अनाथालय, धर्मशाला, कंगाल-घर; ~-law दरिद्ररक्षा कानून; ~-rate दरिद्र-कर, निर्धन सहायता कर; ~-spirited कायर, नपुंसक, पौरुषहीन, डरपोक।

poorliness n. अस्वास्थ्य, अस्वस्थता; बेहाली, निढाली।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

poorly[1] pred. a. अस्वस्थ, बेहाल, निढाल।

poorly[2] adv. येन केन प्रकारेण, ले देकर, किसी तरह, लस्टम-पस्टम; अभावपूर्ण ढंगसे, जघन्य ढंगसे, गर्हित ढंगसे, टुच्चेपनसे।

poorness n. त्रुटि, गर्हितता, विगुणता, निकृष्टता; अभाव, कमी, खामी, कसर; दारिद्र्य, दैन्य, दीनता, निर्धनता, दरिद्रावस्था, गरीबी।

pop[1] n. फक्, भक्, फट्, पटाक् (की ध्वनि); विन्दु, चिह्न, चिह्नारी, दर; फेनिल मद्य (विशे०, जिंजरबियर या शैम्पेन); (ग्रा०) रेहन, गिरवी, बन्धक।

pop[2] n. (बोल०) लोकप्रिय संगीत-समारोह, साधारण गाना-बजाना।

pop[3] n. (ईटनकी) सामाजिक एवं वाद-विवाद-गोष्ठी।

pop[4] v.t. & i. फकफकाना, फक्से होना, भक्से होना; (बन्दूक आदि) दागना, छोड़ना, चलाना; पेलना, ढकेलना, फेंकना, झटकना, पटकना; धड़धड़ाना, धड़धड़ाते हुए चलना; अदृश्य होना, चल देना; (अकस्मात्) प्रश्न कर बैठना, पूछ बैठना; आ पड़ना, टूट पड़ना; (ग्रा०) बन्धक रखना, गिरवी रखना, रेहन रखना; फुटकाना, लावा करना ⊙ (मक्का इत्यादिका)।

pop[5] adv. & int. फक्से, फटसे, भक्से।

popcorn n. (मक्केका) लावा, फुटेहरा।

pope[1] n. (रोम० कैथा० चर्चका) पोप, प्रधान पादरी, पापा; (ला०) महात्मा, देवता, युधिष्ठिर, धर्मराज; P~ Joan पोप जोन (एक कल्पित देवी)।

pope[2] n. (यूनानी गिर्जेका रूसी क्षेत्र-पादरी) पोप।

popedom n. पोप-पद, पादरियत।

popeless a. पोपविहीन, पादरीरहित।

popery n. पोपपद्धति, पोपपन्थ, पोपधर्म, पोपप्रणाली; (निन्दात्मक प्रयोगमें) पोंगापन्थी।

pop-eyed ⊙ = DEAD.

popgun n. फिटफिटी, पिटपिटी (बच्चोंकी नकली बन्दूक); (हास्य०, ठीकसे न काम करनेवाली कोई बन्दूक) इटपिटी-पिटफिटी।

popinjay n. (प्रा०) शुक, तोता, सुआ, सुग्गा, मिट्ठू, (इति०) शुकवेध; आत्मश्लाघी व्यक्ति, आडम्बरी पुरुष, छैला आदमी; (बोल०) हरित काष्ठकूट, हरा कठफोड़ा।

popish a. पोप-सम्बन्धी, पोपपन्थीय, पादरीधर्म-विषयक, पादरीमत-सम्बन्धी।

poplar n. वनपिप्पल, चिनार, पोपलर; दूरका वृक्ष; trembling ~ बेदमजनू, मजनूका पेड़।

poplin n. (प्रथमतः) एक प्रकारका रेशमी वस्त्र; (अब प्रायः) मरसराइज कपड़ा, पापलीन।

popliteal a. जानुपृष्ठीय, घुटनेकी सन्धिका; कटोरीका, खोरियाका।

popliteus n. जानुपृष्ठ, जानुसन्धि, घुटनेकी सन्धि; कटोरी, खोरिया।

poplitic a. = POPLITEAL.

poppa, pop ⊙ nn. = PAPA.

poppet n. (अब बोल०) लल्ला, मुन्ना, नन्हा, बबुआ, बौना; चक्रयन्त्रका ऊर्ध्वभाग, खरादका ऊपरी हिस्सा; (नौवि०) लकुटी, डण्डी, साँटी, चोब; ~-head खरादका ऊपरी भाग; (खनि०) एक चौखट।

poppied a. अहिपुष्पयुक्त, पोस्तेदार।

popple[1] n. आलोड़न, तरंग, हिलोर, लहर।

popple[2] v. i. तरंगित होना, आलोड़ित होना, हिलोरें लेना, लहराना।

popply a. तरंगित, आलोड़ित, हिलोरयुक्त।

poppy n. अहिपुष्प, खसतिल, खस-खस, पोस्ता; opium ~ अहिपुष्प; ~-head पोस्तेकी डोंढ़ी; गिरजेका सुन्दर कलात्मक उच्चासन;

~ cultivation, ~ oil, ~ plant, ~ red, ~ seed, ~ seed oil.

poppycock n. रव, शोर, बकवास।

popsy(-wopsy) n. मुन्नी, मुनियाँ, रानी, बेटी, बिटिया, बिट्टी, गुड़िया।

populace n. लोक, जन, प्राकृतजन, साधारण जन, सामान्य जन, लोग; जनसमूह, भीड़।

popular a. लौकिक, सार्वलौकिक, लोककृत, लोकजन्य; जन-, सर्वजनीन, सार्वजनिक; लोकसंगत, जनरूढ़, लोकरूढ़, लोकप्रसिद्ध; प्रचलित, जनसुगम, जनसुलभ, लोकगम्य (~ *book*); प्रिय, लोकप्रिय, जनप्रिय, सर्वप्रिय, जनरंजक, लोकमान्य, सर्वमान्य; प्रथित, सामान्य, साधारण; ~ conception लोकधारणा; ~ front(राजनी०) जनतान्त्रिक दल, जनवादी मोर्चा, वामपक्षीय दल; *at* ~ *prices* सस्ते मूल्यपर;

~ election, ~ feeling, ~ government, language, ~ mind, ~ name, ~ objection, ~ series.

popularity n. लोकप्रियता, जनप्रियता, सर्वप्रीति, जनप्रीति; सर्वमान्यता, लोकमान्यता।

popularization n. प्रथितीकरण, प्रचालन, लौकिकीकरण, सर्वसाधारणीकरण; सार्वजनिकता, लोकमान्यता।

popularize v.t. प्रसिद्ध करना, प्रचलित करना, लोकप्रिय बनाना, लोकविख्यात करना, जनप्रिय करना; सर्वजनीन बनाना, सार्वजनिक बनाना; (प्रचार-द्वारा किसी विषयको) लोकगम्य बनाना, सामान्य बनाना, साधारण बनाना।

populate v.t. बसना, निवास करना, अधिवासी बनना, आबाद होना; बसाना, आबाद करना।

population n. जीवसंख्या, लोकसंख्या, जनसंख्या, बस्ती, आबादी (*progressive, retrogressive, stationary* ~); लोक, जन, प्रजा; निवासी या अधिवासीगण (जैसे, *the* ~ *turned out to welcome him*); *an* A1 ~ सर्वोत्कृष्ट जनता; *a* C3 ~ निकृष्टतम श्रेणीके लोग।

populism n. जनवाद, लोकवाद, जनाधिकारका सिद्धान्त, जनसम्पत्तिका सिद्धान्त।

populist n. (रूस और सं० रा० अ०) जनवादी, लोकवादी, पापुलिस्ट।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

populistic a. जनवादी, जनवाद-विषयक, जनसम्पत्ति-के सिद्धान्तका।

populous a. जनाकीर्ण, जनसंकुल, जनपूर्ण, बहुजन, प्रचुरजन, लोकबहुल, जनसंख्याबहुल, घना आबाद।

populousness n. जनाकीर्णता, जनसंकुलता, लोक-बाहुल्य, घनी आबादी।

poral a. रन्ध्रीय, छिद्रीय।

porbeagle n. (जीववि०) घस्मर ग्राह, पेटू घड़ियाल।

porcelain n. मृत्सा, चीनी, चीनी मिट्टी; चीनी मिट्टीके बर्तन, चीनी मिट्टीकी बनी वस्तुएँ; (ला० गुण०) मृदु, कोमल, नाजुक, छुई-मुई; ~ cement चीनी मिट्टीके बर्तनोंको जोड़नेकी सीमेण्ट; ~ clay श्वेत चीनी मिट्टी; ~-shell कपर्द, कौड़ी;

~ acid dish, ~ basin, ~ beaker, ~ blue, ~-casserole, ~ cup, ~ dish, ~ filling, ~ green, ~ plug.

porcelainize (-se) v.t. चिनियाना, बदलकर चीनी मिट्टी बना देना।

porcelainized a. मृत्सीयित, मृत्साकृत, चीनी मिट्टी-के रूपमें परिवर्तित, चीनी मिट्टी बनाया हुआ।

porcellaneous, porcellanic aa. चीनिया, चीनी मिट्टीका-सा।

porcellanous a. चीनिया, चीनी मिट्टीवाला।

porch n. प्रघण, प्रघाण, अलिन्द, आलिन्द, द्वारमण्डप, दालान, ड्योढ़ी, बरसाती; बरामदा ⊙; the P~ एथेंसका प्रसिद्ध भवन (जिसमें जेनो और उसके शिष्योंने आश्रय लिया था)।

porched a. द्वारमण्डपयुक्त, बरसातीदार, ड्योढ़ीदार।

porchless a. द्वारमण्डपविहीन, बेबरसाती।

porcine a. शूकरीय, वाराहीय, सुअरका; शूकरवत्, सुअर-जैसा।

porcupine n. शल्यकी, शल्यक, शल्यकण्ठ, श्वाविध्, साही; दाँतेदार मशीन, तीलीदार मशीन; (गुण०) शल्य-युक्त, काँटेदार; ~ fish शल्यकी मीन; ~ wood नारियलके पेड़की छाल।

porcupinish, porcupiny aa. शल्यकी-सदृश, शल्यकवत्, साही-जैसा।

pore[1] n. रोमकूप, लोमरन्ध्र, रोमछिद्र; (सूक्ष्म) रन्ध्र, कूप, छिद्र, साँसा, झिझरी।

pore[2] v. i. & t. अध्ययनमग्न होना, अनुशीलनरत होना, पढ़नेमें डूब जाना; (ला०) अध्ययन करना, चिन्तन करना, मनन करना, विचार करना; अपलक देखना, आँख गड़ा देना, निरखना, टकटकी बाँधना; ~ one's *eyes out* (अत्यन्त समीप पुस्तक रखकर) पढ़ते-पढ़ते आँख दुखा या थका डालना।

porer n. कठोर अध्येता, कड़ी पढ़ाई करनेवाला।

poriform a. रोमकूपाकृति, लोमरन्ध्राकार, रोमच्छिद्र-वत्; रन्ध्रवत्, कूप-सदृश, छिद्र-जैसा, साँसे-जैसा, झिझरी-जैसा।

pork n. शूकर-मांस, सुअरका गोश्त; ~-butcher शूकरवधिक, सुअर चिकवा; ~-chop सुअरकी पसलीकी बोटी; ~-pie सुअरका मांस भरा समोसा; ~-pie hat एक गोल टोपी।

porker n. बलिशूकर, मांसके लिए पाला जानेवाला शूकर।

porket n. घेंटा, घेंटुला, छौना, सुअरका बच्चा।

porkling n. दे० PORKER.

porky a. शूकरीय, सुअर-सम्बन्धी; शूकरवत्, सुअर-जैसा; स्थूलकाय, थुलथुल, चर्बीला।

pornographer n. अश्लील साहित्यकार, वेश्याचरित्र-लेखक, बाजारू साहित्य लिखनेवाला।

pornographic a. अश्लील-साहित्य-विषयक, वेश्या-चरित्र-सम्बन्धी।

pornography n. अश्लील साहित्य, अश्लील साहित्य-रचना; वेश्यावृत्त, गणिका-विवरण।

porometer n. रन्ध्रमान, छिद्रमापक यन्त्र।

poroscope n. रन्ध्रेक्ष।

porose a. छिद्रिल, रन्ध्रिल, छिद्रयुक्त, रन्ध्रमय, छेददार।

porosity n. छिद्रिलता, रन्ध्रिलता, छिद्रयुक्तता, रन्ध्र-मयता।

porous a. रन्ध्री, रन्ध्रिल, सरन्ध्र, छिद्रिल, छिद्रयुक्त, छिद्रपूर्ण, छेददार, साँसेदार, झाँझर; रोमकूपमय, रोम-कूपबहुल;

~ battery, ~ plate, ~ pot, ~ saucer, ~ tile, ~ wood.

porousness, porosity nn. रन्ध्रिलता, सरन्ध्रता, छिद्रिलता, छिद्रबाहुल्य, पोलापन, झाँझरपन; रोमकूप-मयता।

porphyry n. परिपृक्त शिला, श्वेत या रक्त स्फटिक-शिला, स्फटिकयुक्त कड़ी चट्टान; (भूग०) आग्नेय शिला, पोरफेरी, प्रकेलास।

porpoise n. शिंशुक, उलूपी, सूँस।

porraceous a. अवहरिपीत, पलाण्डुपीत, पीताभ हरा, प्याजी हरा, प्याजी पीला।

porrect[1] v.t. आस्तृत करना, विस्तृत करना, फैलाना, खींचना, तानना।

porrect[2] a. आस्तृत, विस्तृत, धरातलित, फैलाया हुआ, खींचा हुआ, ताना हुआ।

porrection n. विस्तरण, धरातलन, फैलाव, खिंचाव, तनाव।

porret n. लघु पलाण्डु, छोटी प्याज।

porridge n. यूष, जूष, जूस; (जई या जव आदिकी) दलिया या रबड़ी; लपसी, फिरनी; *keep* one's *breath to cool* one's ~ अपनी राय अपने लिए रखना।

porrigo n. (निदान) खोपड़ीकी चमड़ीका रोग।

porringer n. यूषपात्र, जूसपात्र, कटोरा।

port[1] n. पत्तन, पोतस्थान, नौकाश्रय, बन्दर, बन्दरगाह; (ला०) आश्रय, शरणस्थल, आश्रयस्थान; पत्तन-नगर,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

बन्दरगाही शहर; closed ~ रुद्ध पत्तन, बन्द बन्दरगाह; free ~ अरुद्ध पत्तन, खुला बन्दरगाह; ~ admiral पत्तननौसैनिक, पत्तननावाधिपति, पत्तननौसेनापति; ~ authorities, ~ charges, ~ commissioner, ~ dues, ~ holes, ~ limits, ~ police, ~ quarantine, ~ sub-committee, ~ trust, ~ trust bonds, ~ trust charges.

port[2] n. द्वार, मुख्यद्वार, सिंहद्वार, फाटक, सदर दरवाजा; कोटद्वार, दुर्गद्वार, नगरद्वार, पोतद्वार; (यन्त्र०) धूमछिद्र, चिमनी, धुआँकश; ~hole (वायु, प्रकाश या तोपके लिए) जहाजका झरोखा।

port[3] n. आचार, आचरण, व्यवहार, बर्ताव, चाल-ढाल, रंग-ढंग।

port[4] n. पोतका वामपार्श्व; (गुण०) वाम, बाँया, उलटा।

port[5] v.t. & i. (कर्णको) वाममुख करना, (जहाजके) वामपार्श्वकी ओर करना; (पोतका) वामवृत्त करना, अपने वामपार्श्वकी ओर घूमना या घुमाना।

port[6] n. (~ *wine* भी) पुर्तगाली मदिरा, ओपोर्टाकी मदिरा, पोर्ट।

port[7] v.t. (सेना०, रायफल इत्यादि) वामस्कन्धकी सीधमें लगाना।

portability a. वाह्यता, सुवाह्यता, संवहनीयता, परिवहनीयता, हलकापन।

portable a. वाह्य, सुवाह्य, संवहनीय, परिवहनीय, लघु, हलका, सफरी; ~ crane, ~ engine, ~ machine, ~ motor.

portage[1] n. संवहन, परिवहन; वहन-मूल्य, मजदूरी, ढुलाई; परिवहन-स्थल; mariner's ~ संवहन-क्षेत्र।

portage[2] v.t. (नाव या माल आदिका) परिवहन करना, संवहन करना, ले जाना, ढोना।

portal[1] n. मुख, द्वार, मुख्यद्वार, सिंहद्वार, सदर दरवाजा; दुर्गद्वार।

portal[2] a. प्रतिहारीक, प्रतिहारिणी शिरा-विषयक, केशिकाभाजीय, यकृत्के वक्र खातसे सम्बन्धित; ~ vein प्रतिहारिणी शिरा, केशिकाभाजि शिरा, यकृत्शिरा, यकृद् धमनी।

portatile a. सुवाह्य, संवहनीय, परिवहनीय, लघु, हलका।

portative a. वाह्य, सुवाह्य, संवहनीय, परिवहन-शील, हलका; वहन-विषयक सुवहन-सम्बन्धी, संवहन-सम्बन्धी।

portcrayon n. अंकनी-पेटिका, अंकनी-पेटी, पेंसिलका केस, पेंसिलका डब्बा; क्रेयोनका हस्तक, चॉक पकड़नेका हैण्डिल।

portcullis n. (दुर्ग-द्वारका) खिसकी दरवाजा, सरकनेवाली सुदृढ़ झँझरी, जालीदार जंगला।

portcullised a. खिसकी दरवाजेवाला।

portend v.t. पूर्वाभास देना, पूर्वज्ञान कराना, पूर्वसूचना देना, अग्रसूचना देना, पूर्वचिह्न मिलना, पूर्वलक्षण मिलना; आगम देना, शकुन बताना, सगुन बताना; आगाह करना, चेतावनी देना, सचेत करना, चेताना, जताना।

portent n. उपक्रम, आगम, पूर्वलक्षण, पूर्वचिह्न, शकुन, सगुन; अघटित घटना, अद्भुत बात, अनहोनी; दुर्निमित्त, उत्पात, उपप्लव, अत्याहित, दुर्लक्षण, अवशकुन, दुश्चिह्न, अरिष्ट।

portentous a. शकुनात्मक, शकुनकारी; औत्पातिक, अपशकुनकारी, अनिष्टसूचक, अपशकुनी, अशुभ।

porter[1] n. प्रतीहार, दौवारिक, द्वारपाल, ड्योढ़ीवान, दरवान।

porter[2]* n. भारिक, वोढा, भारवाह, पल्लेदार, मजदूर, कुली*; यवासव-विशेष, जौकी तीव्र लाल मदिरा; ~-house ⊙ मधुशाला, मद्यपान-गृह, ठेका; ~'s knot ईंडुरी, गेंडुरी, बिड़ई।

porterage n. भारवाहन, ढोवाई, बोझाई, कुलीगीरी; भारिक शुल्क, वहनमूल्य, ढोनेकी मजदूरी।

porteress n. दौवारिका, दौवारिकी, द्वारपालिका, द्वाररक्षिका, प्रतिहारी, फाटककी पहरेदारिन।

porterly a. भद्दा, भोंड़ा।

portfire n. पटाका, पटाका उड़ानेका उपकरण।

portfolio n. (pl. -*s*) पत्रोद्वह, पत्राधान, पत्राधार, बस्ता; (ला०) कार्यभाग, सम्भाग, विभाग, मन्त्रिपद।

portico n. (pl. .*s*) द्वारमण्डप, दालान, बरामदा, बरसाती।

porticoed a. द्वारमण्डपयुक्त, बरसातीदार।

portiere n. (द्वारकी) यवनिका, पर्दा।

portion[1] n. अंश, शकल, खण्ड, भाग; (जलपानगृहोंमें) खुराक, थालीभर भोजन; स्त्रीधन, दायजा, दहेज; भाग्य, किस्मत, नसीब, करम, तकदीर; *a* ~ अंश, खण्ड, भाग, हिस्सा।

portion[2] v.t. विभाजित करना, विभक्त करना, वितरण करना, भाग देना, हिस्सा लगाना, बाँटना; यौतुकदान करना, दहेज देना, दायजा देना।

portioner n. भागी, सहभागी, भागीदार, हिस्सेदार।

portioning n. विभाजन, वण्टन, बँटवारा; विभाग।

portionist n. दानभागी, अतिरिक्त व्यय पानेवाला।

portionless a. अविभक्त अंशहीन; यौतुकहीन, दायविहीन, दायजारहित, बिना दहेजका।

portliness n. विशालता, स्थूलकायता, भारीभरकमपन मोटापा; भव्यता, ऊर्जस्विता, तेजस्विता, रोबीलापन।

portly a. पीन, पीवर, विराट्, स्थूल, स्थूलकाय विशाल, भारीभरकम, मोटा; ऊर्जस्वी, तेजस्वी, भव्य, दिव्य, उदात्त, धीर, रोबीला, शानदार।

portmanteau n. (pl. -*s*, -*x*) (एक प्रकारका चमड़ेका थैला), बुगचा, पोर्टमैण्टो; मिश्रशब्द, संयुक्त शब्द।

portrait n. छविचित्र, व्यक्तिचित्र, आलेख्य, आलोकचित्र, भाचित्र, अनुकृति, छवि, प्रतिकृति, फोटो (~ *painter*); (ला०) सादृश्य, समानता, प्रतिरूप, आदर्श, नमूना; शब्दचित्र, चित्रात्मक वर्णन।

portraitist n. चित्रकार, रूपकार, वर्णकार, चितेरा।

portraiture n. चित्रण, आलेखन, चित्रकारी; चित्र,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

आलेख्य, तस्वीर; शब्दचित्र, चित्रात्मक वर्णन।

portray v.t. चित्र बनाना, आलेखन करना, प्रतिरूप बनाना, तस्वीर खींचना; शब्दचित्रण करना, चित्रात्मक वर्णन करना।

portrayal n. चित्रकारी, आलेखकारी, आलेखन, वर्णन।

portrayer n. चित्रकार, रूपकार, वर्णकार, चितेरा।

portreeve n. कोतवाल; नगरपति, मेयर।

portress n. प्रतिहारी, द्वारपालिका, द्वाररक्षिका, ड्योढ़ीदारिन।

Portuguese a. & n. पुर्तगाली, पुर्तगालदेशीय, पुर्तगालवासी; पुर्तगाली भाषा।

pose[1] n. मुद्रा, स्थिति, छवि, रूप, रीति, ढब, ढंग; ढोंग।

pose[2] v.t. & i. वक्तव्य देना, बयान देना; प्रतिपादन करना, निरूपण करना, विषयस्थापन करना; स्वत्व प्रकट करना, अधिकार माँगना; अभियाचना करना, अभ्यर्थना करना; प्रस्ताव करना, प्रश्न उठाना, मामला पेश करना; (विशेष स्थितिमें) चित्र रखना; मुद्रा बनाना, विशेष स्थितिमें बैठना; प्रकट करना, प्रदर्शित करना; दम्भ करना, ढोंग रचना।

pose[3] v.t. (प्रश्नों या समस्यासे) स्तम्भित करना, कुण्ठित करना, विमूढ़ करना, चक्करमें डालना, उलझनमें फँसा देना।

poser n. समस्या, प्रश्न, उलझन, पहेली; स्तम्भित करनेवाला, उलझनमें डाल देनेवाला, चकरा देनेवाला।

poseur n. (व्यवहारमें) बनावटी आदमी।

posh a. (ग्रा०) सुन्दर, बाँका, छैला, टीम-टामवाला।

posit v.t. ग्रहण करना, तथ्यरूपमें मान लेना, सच मानना; अधिष्ठान करना, स्थित करना, आसीन करना, बैठाना, जमाना।

position*[1] n. तथ्य, सिद्धान्तवाक्य; प्रमेय, प्रतिज्ञा, उपक्षेप, प्रस्थापना; उक्ति, हेतु, पक्ष; सिद्धान्त-प्रतिपादन, तथ्यनिरूपण; अंगविन्यास, अंगस्थिति; बन्ध; आसन, स्थिति*, बनाव; दशा, संस्थान, अवस्था, हालत; मनस्कोण, मनोभाव, मनःस्थिति; दृष्टिकोण, विचारपद्धति; पद*, स्थान, दर, ठाँव, ठौर, जगह; स्तर, कोटि, श्रेणी, हैसियत, दरजा; (सेना०) व्यूह, मोर्चा, (जैसे, *the ~ was stormed*); प्रतिष्ठा, उच्चपद, श्रेष्ठस्थिति; (ला०) तुल्यदशा, तुल्यावस्था, समस्थिति, सदृशस्थिति; people of ~ प्रतिष्ठित जन; *in a ~ to do* करनेकी स्थितिमें होना, करनेके योग्य होना; *in ~* उपयुक्त स्थानपर, ठीक जगहमें; *out of ~* अनुपयुक्त स्थानपर;
~ angle, ~ circle, ~ effect, ~ line, ~ line table, ~ ratio, ~ sense.

position[2] v.t. स्थित करना, आसीन करना, बैठाना, जमाना, ठिकानेपर रखना; (सेनाको) व्यूहबद्ध करना, मोर्चोंपर डटाना।

positional a. स्थितीय, स्थैतिक; सैद्धान्तिक; अपेक्षणीय; दृष्टिकोणीय आदि।

positive[1] n. भावात्मक गुण, अतुलनात्मक विशेषण; धन; हाँ।

positive[2] a. विध्यात्मक, कृत्रिम, औपचारिक, अप्राकृतिक, प्रयत्नसाध्य, बाह्य, बाह्यप्रेरित; स्पष्ट, असन्दिग्ध, अगूढ़, प्रत्यक्ष, परिस्फुट; निर्णीत, निर्दिष्ट, सुनिश्चित, अविशंक्य; अवैकल्पिक, आवश्यक; स्थिर, पक्का; (व्यक्ति) दृढ़मति, दृढ़निश्चय, निर्विकल्प, निःसन्देह, निश्चयात्मक, नियत, निश्चित; स्वमताग्रही, दृढ़विश्वासी, कट्टर; (व्या०) सामान्य, गुणवाची; परम, सर्वथा, नितान्त, अनन्य, निरुपाधि, विविक्त, अबाधित, निरंकुश; (बोल०) पूरा, पक्का, सरासर, बिलकुल; वास्तविक, तथ्यविषयक, व्यवहार्य, आचरणीय, सच्चा, असली; इहलौकिक, भौतिक, पार्थिव; अस्तिवाची, अस्त्यात्मक, सकारात्मक, सकारी; (बीजगणित) धनात्मक; (छायाचित्र) पाजिटिव;
~ (*degree of*) adjective भावात्मक विशेषण, सामान्य विशेषण; ~ electricity धनविद्युत्; ~ organ एक लघु आरगन; ~ pole (चुम्बककी) उद्ध्रुव, धनध्रुव, धनात्मक ध्रुव; (पृथ्वीका) दक्षिणी ध्रुव; ~ science तात्त्विक ज्ञान; ~ sign धनचिह्न (+);
~ association, ~ attribute, ~ catalyst, ~ correlation, ~ evidence, ~ duties, ~ movement, ~ number, ~ pole, ~ print, ~ ray, ~ reaction, ~ term, ~ test, ~ utility.

positiveness, positivity nn. स्पष्टता, सुनैश्चित्य, दृढ़निश्चय, असन्दिग्धता, भावात्मकता, धनात्मकता; याथार्थ्य, मताग्रह, हठीलापन।

positivism n. गोचरवाद, प्रत्यक्षवाद, प्रमाणवाद, साक्षाद्वाद, वास्तविकतावाद; प्रत्यक्षवादी धर्म, प्रत्यक्ष ज्ञानपर आधारित मतवाद।

positivist n. गोचरवादी, प्रत्यक्षवादी, प्रमाणवादी; विश्वासी; भाववादी।

positivistic a. गोचरवादीय, प्रत्यक्षवादी-विषयक, प्रमाणवादी।

posnet n. लघुस्थाली, क्षुद्रस्थाली, छोटी थाली, छोटा तसला।

posological a. औषधमात्रिकीय, औषधमात्रा-विज्ञान-विषयक, औषधमात्रा शास्त्र-सम्बन्धी।

posology n. औषध-मात्रिकी, औषध-मात्रा-विज्ञान, औषधमात्रा-शास्त्र; मात्राविज्ञान।

posse n. दल, आरक्षी दल, सिपाही दल; सशक्त सेना, दृढ़वाहिनी; सम्भावना, शक्यता; ~ comitatus राष्ट्रशक्ति, देशबल; दलबल, जातिबल।

possess v.t. स्वत्व रखना, आधिपत्य रखना, अधिकार रखना, स्वामी होना, अधिपति होना, मालिक होना; मुक्त करना; धारण करना; दखल रखना, काबिज होना, पास रखना; (प्रतिभा, गुण आदिसे) सम्पन्न होना, युक्त होना, विभूषित होना, अलंकृत होना; (धैर्य आदि) धारण करना, रखना; स्ववश होना, काबूमें रहना, जामेके अन्दर रहना; (भूत आदिका तथा ला०) आविष्ट करना, ग्रसना, आक्रान्त करना, अभिभूत करना, उपहृत करना, सिर चढ़ना, पकड़ना; अन्वित होना, उपपन्न होना, उपेत

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

होना, युक्त होना; ~ one*self of* लब्ध करना, अधिगत करना, हस्तगत करना, प्राप्त करना, पाना; अधिकार करना, कब्जा करना।

possessed a. अधिष्ठित, अधिकृत, दखल किया हुआ, कब्जेमें; भोगभुक्त, आत्मसात्कृत; आक्रान्त, अधीन, हस्तगत, स्वायत्तीकृत, विजित; *like all* ~ ⊙ आवेशके साथ, जोशके साथ; भूताविष्ट, भूतग्रस्त।

possession n. स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य, अधिकार, स्ववश, दखल, कब्जा; भोग, भुक्ति, आत्मसात्करण; आक्रमण, स्वायत्तीकरण; भूतबाधा; (बहु०) वित्त, विभव, वैभव, सम्पत्ति, सम्पन्नता, धनदौलत; बाधा, पीड़ा; (विशे०, शत्रुका) अधिकृतक्षेत्र; *in* ~ (वस्तु) अधिकृत, वशवर्ती, हस्तगत, अधीन; (व्यक्ति) स्वामी, अधिपति, अधिकारी, *in* ~ *of* अधिपति, अधिकारी, पासमें रखनेवाला; *in the* ~ *of* अधिकृत होना, वशवर्ती होना, अधीन होना, कब्जेमें होना; *rejoice in the* ~ *of* सौभाग्यसे रखना, (वस्तुके) अधिकारका सौभाग्य होना।

predominate v. i. (किसीपर) प्रभुता या प्रभुत्व रखना, आक्रान्त करना, सत्ता स्थापित करना, अधिकार जमाना, दबाना, मुट्ठीमें रखना; वरीयस् होना, श्रेष्ठ होना, प्रबल होना, प्रधान होना; प्रचुर होना, अधिक होना, अतिरेकमें होना, भरमार होना।

predominating a. = PREDOMINANT *(~ authority)*.

predomination n. प्रभुता, प्रभुत्व, आक्रान्ति, सत्ता-स्थापन, अधिकार जमाना; वरिष्ठता, श्रेष्ठता, प्रबलता, प्रधानता; आधिक्य, प्रचुरता, अतिरेक, भरमार।

pre-eminence n. उत्कर्ष, श्रेष्ठता, वरेण्यता, वैशिष्ट्य, प्राधान्य, प्रधानता, प्रमुखता, अग्रगण्यता, उत्तमता।

pre-eminent a. उत्कृष्ट, परम, श्रेष्ठ, वरेण्य, विशिष्ट, प्रधान, सर्वप्रधान, प्रमुख, अग्रगण्य, उत्तम।

pre-eminently adv. सविशेष, सातिशय, प्रधानतः, सर्वप्रधान-रूपेण, अग्रगण्य रूपसे, परम रूपसे, बढ़कर।

pre-empt v.t. & i. पूर्वक्रमेण प्राप्त करना, पूर्व-क्रियाधिकारसे प्राप्त करना; अग्रक्रयण करना ⊙; (ला०) पूर्वाधिकार करना, पहिले हथिया लेना; (ब्रिजके खेलमें) पूर्वक्रमसे हाथ बोलना।

pre-emption n. अग्रक्रय, पूर्वक्रय; अग्रक्रयाधिकार, पूर्वक्रयाधिकार।

pre-emptive a. पूर्वक्रमिक, सर्वोच्च।

preen v.t. (पंखोंको चोंचसे) सँवारना, ठीक करना; (व्यक्तिका स्वयंको) सुसज्जित करना, सजाना, बनाना।

pre-engagement n. पूर्वप्रतिज्ञा, पूर्वसंकल्प।

preening n. चंचुसाधन, चंचुस्नेहन।

pre-existence n. पूर्वजन्म, पूर्वजीवन।

pre-existing a. पूर्ववर्ती *(~ debt)*।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

prefabricate v.t. पूर्वनिर्माण करना, अग्रगठन करना, पहलेसे बना रखना।

prefabrication n. पूर्वनिर्माण, अग्रनिर्माण, अग्रगठन।

preface[1] a. मुखबन्ध, उपक्रम, उपोद्घात, आमुख, प्राक्कथन, पूर्वपीठिका, प्रस्तावना, भूमिका; वाङ्मुख, भाषणका आरम्भिक भाग।

preface[2] v.t. मुखबन्ध रचना, उपोद्घात लिखना, आमुख लिखना, प्राक्कथन लिखना, भूमिका लिखना; (व्याख्यान आदि) उपक्रान्त करना, प्रारम्भ करना, (एक घटनाका दूसरी घटनाके) भूमिकास्वरूप होना; (v. i.) प्राक्कथन करना, उपक्रम करना।

prefacer n. मुखबन्धकार, उपक्रम रचयिता, उपोद्घात-रचयिता, आमुख-लेखक, प्राक्कथनकार, पूर्वपीठिकाकार, भूमिका-लेखक; वाङ्मुखकर्ता, भाषणके आरम्भिक भागका रचयिता।

prefatorial, prefatory aa. मुखबन्धीय, उपोद्घातीय, आमुख-विषयक, प्रस्तावनात्मक, भूमिका-सम्बन्धी।

prefect n. (रोमनपुराण तथा फ्रांस) प्रशासक, अधिनायक, प्रशासनाधिकारी, प्रीफेक्ट; (कुछ सार्वजनिक विद्यालयोंमें) नायक, वर्गनायक, कक्षाप्रधान।

prefectoral, prefectorial aa. प्रशासकीय, प्राध्यक्षीय, नायकोचित।

prefectural n. प्रशासक-पद-विषयक, प्राध्यक्षपदावधि-विषयक।

prefecture n. प्रशासक-पद, प्राध्यक्ष-पद; प्रशासक-पदावधि, प्राध्यक्षपदावधि; प्रशासक या प्राध्यक्ष-निवेश; प्रशासक या प्राध्यक्षके अन्तर्गत क्षेत्र।

prefer v.t. उन्नत करना, पदवृद्धि करना, स्थानोन्नति करना, वृद्धि करना, बढ़ती करना; प्रवर्तन करना; पुरोभृत करना, पुरोभरण करना, उपस्थापित करना, प्रस्तुत करना, देना, आगे धरना, पेश करना; अधिमान देना, प्रशंसा करना, प्रवर समझना, श्रेयस्कर समझना, श्रेष्ठ मानना, अधिक मानना, पसन्द करना (~ *to leave it alone*)।

preferability n. वरिष्ठता, अधिमान्यता, श्रेयस्करता, गरिष्ठता, वरेण्यता, अधिक अच्छा होना।

preferable a. अधिमान्य, वरीयस्, श्रेयस्कर, गरीयस्, उत्तम, वरेण्य, अधिक अच्छा।

preferableness n. = PREFERABILITY.

preference n. अधिमान, प्राथमिकता, अभिरुचि, वरीयता, अधिमान्यता, अधिकानुराग, आदरातिशय; अधिमानित वस्तु; (विशे० ऋणशोधनका) पूर्वाधिकार; अधिमान-दान, (व्यापार इत्यादिमें, किसी देशको दूसरेसे) अधिक मान देना; पसन्द; आदर; ~ bond पूर्वाधिकार-बन्ध; ~ share पूर्वाधिकार-अंश; ~ stock पूर्वाधिकार-स्कन्ध;
~ creditors, ~ dividend, ~ schemes, ~ system.

preferential a. अधिमान्य, अधिमानी, अधिमानात्मक, पक्षपातपूर्ण (~ *treatment*)।

preferentialism n. प्राथमिकतावाद, सुविधावाद, अधिमानवाद।

preferentialist n. प्राथमिकतावादी, सुविधावादी, अधिमानवादी।

preferment n. उन्नति, पदोन्नति, पदोत्कर्ष, अधिमान, स्थानोन्नति, प्रतिष्ठापद, गौरवास्पद, बढ़ती, तरक्की।

preferred a. अधिमानित, अधिमानप्राप्त; ~ shares, stock, etc. पूर्वाधिकार-अंश, स्कन्ध आदि।

preferrer n. उन्नतिकर्ता, पदवृद्धिकर्ता, स्थानोत्कर्षकर्ता, बढ़ती करनेवाला; प्रवर्तक; पुरोभर्ता, उपस्थापयिता, प्रस्तुतिकर्ता, पेश करनेवाला; अधिमाता, प्रशंसक, प्रवर समझनेवाला, श्रेयस्कर समझनेवाला।

prefigurate[1] v.t. पूर्वकल्पना करना, पहिले सोच लेना; दिग्दर्शन कराना, पूर्वप्रतिबिम्बित करना।

prefigurate[2] a. पूर्वकल्पित, पूर्वचिन्तित।

prefiguration n. पूर्वदिग्दर्शन, पूर्वाभिव्यक्ति, पूर्वचित्रण, पूर्वगत झलक।

prefigurative a. पूर्वदिग्दर्शनात्मक, पूर्वलक्षणात्मक, पूर्वचित्रात्मक, पूर्वप्रतिबिम्बात्मक।

prefigure v.t. पूर्वप्रतिबिम्ब दिखाना, दिग्दर्शन कराना, पूर्वचित्र दिखाना; पूर्वचित्रण करना, पूर्ववर्णित करना, पहिलेसे कल्पना करना।

prefigurement n. = PREFIGURATION.

prefix[1] n. उपसर्ग; उपपद, आस्पद (जैसे, Mr, Mrs, Sir, Dr.)।

prefix[2] v.t. (गद्यांश आदि पुस्तकमें) पूर्वविन्यस्त करना, अग्रन्यस्त करना, पूर्वयोजित करना, भूमिकारूपमें जोड़ना, पहले जोड़ना; उपसर्जन करना, उपसर्ग लगाना।

prefixion, prefixture n. पूर्वविन्यास, पूर्वयोजन, पूर्वप्रत्ययन, पूर्वोपसर्जन।

prefloration n. पूर्वकलिका-रचना, पूर्वकलिका-दल-विन्यास।

prefoliation n. पर्णकलिका-रचना, मुकुलपत्र-विन्यास, कलिकापर्ण-विन्यास।

preform v.t. पूर्वनिर्माण करना, पूर्वगठित करना, पूर्वरचना करना, पहिलेसे गढ़ना या बनाना।

preformation n. पूर्वनिर्माण, पूर्वगठन, पूर्वरचना, पूर्वरूप।

preformative[1] n. रचनात्मकोपसर्ग, उपसर्गरूप रचनात्मक शब्द।

preformative[2] a. पूर्वनिर्माणात्मक, पूर्वगठनात्मक, पूर्वरचनात्मक; (रचनात्मक तत्त्वके रूपमें) पूर्वस्थित, पूर्वस्थापित।

preformed a. पूर्वनिर्मित, पूर्वरचित, पहिलेसे गढ़ा हुआ।

pregenital a. जननपूर्व।

pregnable a. जेय, सुजेय; सुगम।

pregnancy n. गर्भ, गर्भावस्था, गर्भधारण, गर्भग्रहण, गर्भिणीभाव।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

pregnant a. गर्भधारिणी, गर्भवती, गर्भिणी, अन्तर्वत्नी, आपन्नसत्त्वा, गाभिन, ओरई; भारी पैरवाली; उद्भावनामय, कल्पनापूर्ण; फलगर्भ, आढ्य, वरदायी, परिणामकारी; (शब्द या कृत्य) गूढ़, सारगर्भित, अर्थगर्भ, अर्थपूर्ण, विचारपूर्ण; भारी, भरा हुआ; ~ construction (व्या०) अर्थादेशपूर्ण रचना।

prehensile a. ग्रहणक्षम, परिग्राही, ग्रासक्षम, पकड़नेवाला (~ *tail*)।

prehensility n. ग्रहणक्षमता, परिग्राहिता, ग्रास-क्षमता।

prehension n. बोध, समझ; परिग्रहण, ग्रास; धारण, ध्यान।

prehensor n. ग्रहीता, धारयिता।

prehensory a. ग्रहण-सम्बन्धी, ग्रहणशील; धारयिता-सम्बन्धी, ग्रहण करनेवालेसे सम्बन्धित।

prehistoric a. प्रागैतिहासिक, पूर्वैतिहासिक, इतिहास-पूर्व।

prehistory n. प्रागैतिहासिक सामग्री; प्रागैतिहासिक युग, प्रागितिहास-काल।

prejudge v.t. अकालनिर्णय करना, पूर्वनिर्णय करना, (बिना जाँचके) फैसला करना; पूर्वनिष्कर्ष निकालना, पहिलेसे ही मत स्थिर करना, आगेसे ठानना।

prejudg(e)ment, prejudication nn. पूर्वनिर्णय, पूर्वनिष्कर्ष, पूर्वनिश्चय, पूर्वन्याय।

prejudicate v.t. & i. पूर्वनिर्णय कर लेना, पूर्वधारणा बना लेना, पहिलेसे ही समझ रखना।

prejudicative a. पूर्वनिर्णयशील, पूर्वधारणापर, पहिलेसे ही समझ रखनेवाला।

prejudice[1] n. संग, पक्षपात, पक्षग्रहण, तरफदारी (*against, in favour of*); चेतोविकार, अविचारमति, अरुचि, प्रतिकूलता, अननुकूलता; क्षति, अपाय, नाश, हानि, घाटा, बिगाड़; कुफल, दुष्परिणाम, हर्ज।

prejudice[2] v.t. पक्षपात करना, पक्षग्रहण करना, तरफदारी करना; (अधिकार, अभ्यर्थना या वक्तव्यको) आवर्जित करना, विकृत करना, बिगाड़ना; (व्यक्तिको) पक्षमें करना, फोड़ लेना, मिलाना; *without* ~ निष्पक्ष, पक्षपातरहित।

prejudiced a. पक्षपातयुक्त, पूर्वग्रहमय।

prejudicial a. पक्षपातजनक, पक्षपातकर; पक्षपातपूर्ण, विपरीत, प्रतिकूल, विरुद्ध; अहितावह, अपकारक, क्षति-जनक, हानिकर, हानिप्रद; ~ *to* के प्रतिकूल।

prelacy n. महन्तपद, मठाधीशपद, धर्माचार्य-पद; महन्तगण, गिर्जाध्यक्षवर्ग; महन्तराज्य, गिर्जाई शासन।

prelate n. धर्माध्यक्ष, मठाधीश, महन्त, गिर्जाध्यक्ष, प्रिलेट।

prelatess n. मठाध्यक्षा, महन्तिन; (हास्य०) मठाध्यक्ष-पत्नी, महन्त-पत्नी।

prelatical a. मठाधीशीय, मठाधीश-विषयक, महन्त-सम्बन्धी, गिर्जाध्यक्ष-सम्बन्धी, प्रिलेटका; महन्तपद-विषयक, मठाधीशपद-विषयक, गिर्जाध्यक्षपद-विषयक; महन्तराज्य-विषयक, गिर्जाई शासन-सम्बन्धी।

prelatism n. = PRELACY.

prelatist n. महन्तराज्यवादी, गिर्जाई शासनका पक्षपाती।

prelatize v.t. गिर्जाघरोंको महन्त-शासनके अन्तर्गत लाना।

prelature n. महन्ती, गिर्जाध्यक्षपद; महन्तजन, गिर्जाध्यक्षगण।

prelect v. i. वक्तृता देना, भाषण देना, व्याख्यान देना, वक्तव्य देना, बोलना।

prelection n. वक्तृता, भाषण, व्याख्यान, वक्तव्य।

prelector n. वक्ता, व्याख्याता, भाषणकर्ता, अध्यापक।

prelibation n. पूर्वास्वाद, पूर्वभुक्ति; (प्रा०, ला०) पूर्वानुभव, पूर्वबोध, पूर्वाभास।

prelim n. (बोल०, *preliminary* का संक्षेप) पूर्व-परीक्षा, पूर्वपरीक्षण, प्राथमिक परीक्षा, प्राथमिक जाँच।

preliminary[1] n. पूर्वकार्य, पूर्वविषय, प्राथमिक प्रबन्ध, प्रारम्भिक व्यवस्था; उपक्रम, तैयारी (प्रायः बहुव० में)।

preliminary[2] a. प्राथमिक, प्रारम्भिक, परिचयात्मक, प्रास्ताविक, प्रस्तावनारूप, प्रबन्धात्मक, उपक्रमस्वरूप; ~ action, ~ arrangements, ~ budget, ~ course, ~ dividend, ~ enquiry, ~ estimate, ~ examination, ~ expenses, ~ injunction, ~ inspection, ~ investigation, ~ measure, ~ notice, ~ objection, ~ operation, ~ point, ~ report, ~ stage, ~ test.

prelude[1] n. आमुख, प्रस्तावना, भूमिका, पूर्वरंग; उपक्रम, प्रारम्भ, शुरुआत; (संगीत) आलाप, स्वरालाप, पूर्वालाप, लय, स्वरमिलाप।

prelude[2] v.t. & i. भूमिकास्वरूप होना, उपक्रमस्वरूप होना; प्रास्ताविक कार्य करना, प्रास्ताविक घटना होना; द्योतक होना, सूचक होना, शकुनरूप होना; द्योतन करना, सूचित करना; भूमिका बाँधना, उपक्रम करना; अलापना, लय भरना।

preludial a. प्रास्ताविक, भूमिकास्वरूप; प्रारम्भिक, उपक्रमीय, परिचयात्मक; आलापात्मक आदि।

preludize v.t. प्रस्तावना रचना, भूमिका लिखना; उपक्रम करना, आरम्भ करना; स्वरसन्धान करना, राग प्रारम्भ करना, आलाप भरना।

prelusion n. प्रस्तावना, भूमिका, उपक्रम; पूर्वद्योतन, पूर्वलक्षण, पूर्वशकुन; आलाप।

prelusive a. प्रास्ताविक, भूमिकास्वरूप; पूर्व-द्योतनात्मक, पूर्वलक्षणात्मक; पूर्वशकुनात्मक; आला-पात्मक।

prematernity a. गर्भावस्थीय, गर्भावस्था-सम्बन्धी, गर्भावस्था-विषयक।

premature a. अकालपक्व, अकालप्रौढ़, अकालपरिणत; कालपूर्व, अकाल, अकालिक, असमय, समयपूर्व, कच्चा (~ *decision, delivery*)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

prematurely adv. अकालतः, असमयमें।

prematureness, prematurity nn. पूर्वपक्वता, अकालपक्वता, अकालिकता, असामयिकता, कच्चापन।

premeditate v.t. पूर्वविमर्श करना, पूर्वसंकल्प करना, पूर्वचिन्तन करना, पूर्वविचार करना; (मनमें) गढ़ना, ठहरा लेना।

premeditated a. पूर्वसंकल्पित, पूर्वचिन्तित, पूर्वकल्पित (~ *designs*)।

premeditation n. पूर्वविमर्श, पूर्वसंकल्प, पूर्वचिन्तन, पूर्वविचार, परिकल्पना, मनोरचना।

premier[1] n. प्रधानमन्त्री, प्रीमियर।

premier[2] a. वरिष्ठ, श्रेष्ठ, सर्वप्रथम, अग्रणी, प्रधान, प्रमुख (~ *place*); मुख्य, मुखिया, अगुवा।

premiership n. प्रधानमन्त्रित्व, प्रधानमन्त्रि-पद; प्रधानमन्त्रि-कार्यालय।

premillenarian n. सहस्राब्दवादी, सहस्राब्द-सिद्धान्ती (इस बातका विश्वासी कि हजार वर्षोंके पूर्व ईसाका फिर अवतार होगा)।

premillennial a. वर्तमान संसार-विषयक, आधुनिक संसार-सम्बन्धी, अगले युगसे पहला।

premillennialism n. सहस्राब्दवाद, सहस्राब्दी-सिद्धान्त (यह विश्वास कि सहस्राब्दीके पूर्व ईसा इस पृथ्वीपर शासन करेंगे)।

premillennialist n. = PREMILLENARIAN.

premise[1], **-ss** nn. (तर्क०, प्रायः *premiss*) पक्ष, हेतु, अवयव, पूर्वावयव, प्रतिज्ञा; (बहुव०) पूर्वोक्त वस्तुएँ, पूर्वकथित तथ्य; (कानून) पूर्वोक्त भूमि, पूर्वोक्त गृह, पूर्वोक्त कृषि आदि; (बहुव०) निवास, आवास, भवन, निलय, गृह, घर; गृहपरिभाग, गृहसीमा, गृहपरिसर, गृहोपान्त, अहाता, घेरा।

premise[2] v.t. उपक्षेप करना, उपन्यस्त करना, उपक्रम करना; प्रस्तावना रूप में कहना, भूमिका बाँधना।

premiss n. = PREMISE.

premium n. लाभ, फल, प्रतिफल, पुरस्कार, पारितोषिक, इनाम; प्रव्याज, परिभाग, अधिशुल्क, प्राशुल्क, लाभांश, बढ़ोतरी, (बीमाका) प्रीमियम, किस्त; शुल्क, शिक्षणशुल्क, सिखवाई, पढ़वाई; बट्टा, भुनवाई; *at a* ~ वास्तविक मूल्यसे अधिकमें, बट्टा काटकर, भुनवाई देकर; (ला०) अतिप्रतिष्ठित, अतिसम्मानित; *put a* ~ *on* उद्दीप्त करना, उत्तेजित करना, प्रेरित करना; वृद्धि करना; सोनेमें सुगन्ध मिलाना, चार-चाँद लगाना; जलमें नमक छिड़कना, आगमें घी डालना।

premolar n. पुरोहानव्य, दाढ़ोंके आगेका दाँत, खीस।

premonish v.t. पूर्वादेश देना, पूर्वप्रबोधन करना, पूर्वचेतावनी देना, चेतावनी देना।

premonition n. प्रबोध, पूर्वबोध, अग्रबोध, पूर्वसूचना, प्राक्शंसना, प्रबोधन, चेतावनी।

premonitor n. प्रबोधक, पूर्वबोधक, अग्रबोधक, पूर्वसूचक, प्राक्शंसक, सचेत करनेवाला।

premonitory a. प्रबोधी, पूर्वबोधी, अग्रबोधक, पूर्वसूचक, प्राक्शंसी, सचेत करनेवाला।

premorse a. (वन०, कृमि०) ठूँठा, बूँचा, कटा।

premunition n. परिप्रतिरक्षा।

prenatal a. गर्भावस्था-विषयक, गर्भावस्था-सम्बन्धी, प्रसवपूर्व, जन्म-पूर्व, जन्मके पहिले (~ *care*)।

prender n. पूर्वग्रहणाधिकार, दिये जानेके पहले किसी वस्तुको लेनेका अधिकार।

prenomen n. व्यक्ति-नाम, वैयक्तिक नाम, वंश-नामके पूर्वका नाम; ईसाई नाम, क्रिश्चियन नाम।

prenominal a. व्यक्तिनामीय, व्यक्तिनाम-विषयक, व्यक्तिगत नाम-सम्बन्धी, वैयक्तिक नाम-सम्बन्धी; ईसाई नाम-विषयक, क्रिश्चियन नाम-सम्बन्धी।

prenotify v.t. पूर्वाभिसूचित करना।

prentice n. & v.t. = APPRENTICE; ~ hand नवशिक्षित, अनुभवहीन, नौसिखिया, अनाड़ी, फूहड़।

prenticeship n. (प्रा०) = APPRENTICESHIP.

preoccupancy n. पूर्वाभिधारण, पूर्वाधिकार, पूर्वभोग, पूर्वाभिधारिता।

preoccupate v.t. प्रत्याशा करना, पूर्वधारणा बना लेना; पूर्वाधिकार करना, पहलेसे ही कब्जा बना लेना।

preoccupation n. पक्षपात, पूर्वग्रह, पूर्वधारणा, पूर्वनिर्णय; पूर्वाभिधारण, पूर्वाधिकार, पूर्वभोग, पूर्वाक्रम; सर्वोपरि व्यापार; पूर्वव्यग्रता; अनन्यमनस्कता, लवलीनता, निमग्नता, तल्लीनता, धुन।

preoccupied a. पूर्वाधिकृत; पूर्वव्यग्र; अनन्यमनस्क, तल्लीन, विचारमग्न।

preoccupy v.t. पूर्वाधिकार करना, पूर्वग्रहण करना, पूर्वक्रम करना, पूर्वभोग करना; (मस्तिष्क आदिको) निमग्न करना, तल्लीन करना, चिन्तनरत करना।

preoption n. पूर्वविकल्प, पहला चुनाव, पहली पसन्दगी; पूर्वविकल्पाधिकार, पहले चुनावका अधिकार।

pre-oral a. मुखपूर्व, मुखके सामने।

prep. n. (*preparation* का संक्षेप) गृहकार्य, घरका काम; पाठकी तैयारी, पढ़ाईकी तैयारी।

prepaid a. पूर्वदत्त (~ *postage*)।

preparable a. प्रकल्प्य, परिकल्पनीय, उपकल्पनीय, उपक्रमणीय; सज्जा योग्य, सज्जीकरणीय, योजनीय, प्रस्तुत्य, उद्यमनीय, कटिबन्धनीय, तैयारी योग्य।

preparation n. प्रकल्पन, परिकल्पन, उपकल्पन, उपक्रमण; सज्जा, सज्जीकरण, योजन, प्रस्तुति; पूर्वव्यस्तता, उद्यम, कटिबद्धता, तत्परता, सन्नद्धता, (प्रायः बहुव०) संभार, उपकरण, व्यवस्था, प्रबन्ध, बन्दोबस्त, तैयारी, इन्तजाम; (पाठोंकी) तैयारी; विनिर्माण, विरचन; सम्पाक, विनिर्मित पदार्थ; (संगीत) रागविधान, लयविधान; *make* ~*s for* प्रबन्ध करना, व्यवस्था करना, विधान करना, सरंजाम देना, टीमटाम करना।

preparationist n. युद्ध-सज्जावादी, युद्धोद्यतिवादी, युद्धोद्यमवादी, युद्ध-कटिबद्धतावादी, युद्ध-तत्परतावादी, युद्ध-सन्नद्धतावादी।

preparative[1] n. आयोजनात्मक कार्य; सिद्धता-साधन,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

उपक्रम-साधन, तैयारी; (सेना०, नौसेना०) भेरी-घोष, बिगुलध्वनि ।

preparative[2] a. आद्य, प्रथम, उपकल्पक, उपक्रमानुकूल, उपक्रमोपकारी; विधानात्मक, आयोजनात्मक, तैयार करनेवाला ।

preparator n. (विशे० संग्रहालय इत्यादिका) प्रस्तुतकर्ता, तैयार करनेवाला ।

preparatory a. = PREPARATIVE; प्रारम्भिक (~ *stage*) ।

prepare v.t. & i. सज्जित करना, उद्यत करना, सन्नद्ध करना, कटिबद्ध करना, तत्पर करना, प्रस्तुत करना, सिद्ध करना; (भोजन) पकाना, तैयार करना, बनाना; (पाठ, भाषण, उपदेश आदि) उपकल्पित करना, पुनरनुशीलन करना; निष्पन्न करना, (परीक्षा या सेनाके लिए किसी व्यक्तिको) शिक्षा देकर तैयार करना; विरचित करना, विनिर्मित करना; (संगी०) स्वरसन्धान करना, राग बैठाना, सुर साधना; सज्जित होना, बद्धपरिकर होना, उद्यत होना, सन्नद्ध होना, कटिबद्ध होना ।

prepared a. विरचित, रचित, कल्पित, निष्पन्न, निर्मित (~ *opium*); उद्विकसित; प्राप्त, कल्प्त; उत्पन्न, उत्पादित; *be* ~ उद्यत होना, सन्नद्ध होना, उद्युक्त होना, कटिबद्ध होना, तैयार होना ।

preparedness n. सज्जता, सिद्धता, तैयारी ।

preparer n. रचक, साधक, प्रस्तुत करनेवाला, तैयार करनेवाला ।

prepay v.t. (मूल्य, डाकव्यय आदि) पूर्वशोधन करना, अग्रिम भरना, पहले चुकता करना, पेशगी देना ।

prepayable a. पूर्वशोधनीय, पूर्वदेय, अग्रिम भरणीय, पेशगी जमा करने योग्य ।

prepayment n. पूर्वशोधन, पूर्वदान, अग्रिम भरण, पेशगी भुगतान ।

prepense a. चिन्तितपूर्व, मतिपूर्व, पूर्व-आयोजित, जाना-बूझा; malice ~ द्रोहचिन्ता, अपकारचिन्ता, हानि पहुँचानेका इरादा ।

prepollent a. प्रबल, अतिशक्ति, अधिशक्ति, अधिक शक्तिमान्, अधिक ताकतवर ।

preponderance n. प्रबलता, प्राबल्य; प्राधान्य, गौरव, गुरुत्व, प्रभुत्व, प्रभाव; अतिरेक, आधिक्य; प्राचुर्य, बाहुल्य ।

preponderant a. अतिरिक्त, अधिक; प्रचुर, बहुल; प्रबल; प्रधान, गुरु; प्रभावशाली, प्रभावी; भाराधिक, अधिक भारी ।

preponderate v.i. अतिरिक्त होना, अधिक होना; प्रधान होना, प्रमुख होना, गुरु या भारी होना, बढ़-चढ़कर होना; प्रभुत्व रखना, प्रभाव रखना ।

preposition n. उपसंश, पूर्वसंश, कारकचिह्न, पूर्वविभक्ति-चिह्न, पूर्वसर्ग ।

prepositional a. उपसंशीय, पूर्वसंशीय, पूर्वसर्गीय, पूर्वसार्गिक ।

prepositive a. = PREPOSITIONAL.

prepositor n. विद्यार्थि-मुख्य, विद्यार्थि-नायक, मानीटर, प्रीफेक्ट ।

prepossess v.t. (किसी व्यक्तिको) पूर्वाकृष्ट करना, आवर्जित करना, आकर्षित करना; प्रेरणा देना, स्फूर्ति देना, उत्साह प्रदान करना; अनुप्राणित करना, जीवन देना; व्याप्त करना, रंजित करना; ओत-प्रोत करना, हृदयंगम कराना, मनमें बिठाना; (विचार आदिका व्यक्तिपर) प्रभाव रखना, छा जाना; पक्षमें लाना, प्रेमी बनाना ।

prepossessed a. पक्षपातयुक्त, पूर्वाग्रहमय, ससंग, जातानुराग, आकृष्ट ।

prepossessing a. हृदयग्राही, चित्ताकर्षक ।

prepossessingness n. पूर्वाग्रह, पक्षपात, हृदयग्राहिता, चित्ताकर्षकता ।

prepossession n. संग, पूर्वाग्रह, पक्ष, हृदयावर्जन, चित्ताकर्षण; पूर्वभोग, पूर्वाधिकार ।

preposterous a. असहज, अनैसर्गिक, अस्वाभाविक, अप्राकृत; अयुक्त, असम्बद्ध, असंगत, अनुपपन्न, तर्करहित, असमीचीन; विपर्यस्त, प्रतीप, विपरीतक्रम, उलटा, औंधा; निरर्थक, अनर्गल, असम्बद्ध, अति मूर्खतापूर्ण ।

preposterousness n. असहजता, अस्वाभाविकता; अयुक्तता, अनुपपन्नता, असमीचीनता; विपर्यस्तता, विपरीतता, प्रतीपता; निरर्थकता, अनर्गलता, असंगति ।

prepotence, -ency nn. प्रबलता, प्राबल्य, प्रशक्ति, परमशक्ति, परमबल, प्रचण्डता, प्रगुणता ।

prepotent a. प्रबल, प्रशक्त, अजय्य, प्रचण्ड, भीषण, सामर्थ्यवान्, अतिविक्रमशाली, महाबलशाली; (प्राणि०) अधिक्षम ।

pre-preference a. पूर्वाधिकारांश-पूर्व, पूर्व-पूर्वाधिकारांश, रियायती हिस्सेके पहलेका ।

prepuce n. शिश्नच्छद, लिंगच्छद, शिश्नाग्रत्वचा, लिंगाग्रत्वचा, लिंगकी सुपाड़ीका चमड़ा ।

preputial a. शिश्नच्छदीय, लिंगच्छदीय, शिश्नाग्रत्वचा-विषयक, लिंगाग्रत्वचा-सम्बन्धी ।

pre-Raphael a. (चित्र०) पूर्वराफेली, राफेलके पूर्वका ।

pre-Raphaelism, pre-Raphaelitism nn. पूर्वराफेलवाद, राफेलसे पूर्वका कलावाद ।

Pre-Raphaelite n. पूर्वराफेलवादी, पूर्वराफेली कलाकार ।

prerequisite[1] n. प्रतिबन्ध, पूर्वापेक्षित दशा; पूर्वाकांक्षा, पूर्वापेक्षा, पूर्वदशा, पूर्वप्रतिबन्ध ।

prerequisite[2] a. प्रतिबन्धित, पूर्वापेक्षित, पूर्वाकांक्षित; पूर्वप्रतिबन्धस्वरूप, आवश्यक ।

prerogative[1] n. (*royal* ~ भी) प्रभुसत्ता, परमसत्ता, राजसत्ता, सर्वोच्चाधिकार, परमाधिकार, प्राधिकार, विशेषाधिकार, सिद्ध अधिकार; दैवी अधिकार, ईशप्रदत्त अधिकार, सहजाधिकार, जन्मसिद्ध अधिकार; सत्ता, सहज शक्ति, नैसर्गिक क्षमता; सहज गुण, जन्मजात गुण; ~ court परमाधिकार न्यायालय ।

prerogative[2] a. विशेषाधिकारयुक्त, प्राधिकारपूर्ण,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अधिकृत; (रोमन इति०) प्रथम मताधिकारी।

prerupt a. विभक्त, विलग, असम्बद्ध, विलग, यकायक टूटकर अलग।

presage[1] n. लक्षण, शकुन, पूर्वचिह्न, पूर्वाभास, पूर्वबोध, पूर्वसूचना, टोह।

presage v.t. शकुन बताना, पूर्वचिह्न बताना, पूर्वाभास देना, पूर्वबोध करना, पूर्वसूचना देना, टोह देना; सूचक होना, द्योतक होना, सिद्ध करना; दर्शाना, लक्षण बताना; (व्यक्तिका) भविष्यवाणी करना, अनागत-कथन करना।

presageful a. शकुनपूर्ण, शकुनयुक्त, पूर्वलक्षणयुक्त, पूर्वाभासमय, शकुनयुक्त।

presbyope n. दूरदृष्टिदोषी व्यक्ति, जराक्षिदोषी व्यक्ति।

presbyopia n. जरादृष्टि; दूरदृष्टिदोष, जराक्षिदोष; दूरदृष्टिता, दीर्घदृष्टिता (बुढ़ापेकी एक बीमारी जिसमें दृष्टि बढ़ जाती है किन्तु निकटके पदार्थ धूमिल दिखायी पड़ते हैं)।

presbyopic a. जरादृष्ट्यात्मक, जराक्षिदोषात्मक।

presbyter n. (प्राचीन गिर्जोंका) व्यवस्थापक पादरी, प्रेस्बीटर; (पादरी सत्तागत गिर्जोंका) द्वितीय श्रेणीका पादरी; (पादरी-संघ-शासित गिर्जोंका) वृद्ध पादरी, ज्येष्ठ पादरी।

presbyteral, presbyterial aa. प्रेस्बीटरी, प्रेस्बीटर-सम्बन्धी।

presbyterate, presbytership nn. प्रेस्बीटरका पद या स्थान।

Presbyterian[1] n. पादरी-संघ-शासनवादी, प्रेस्बीटेरवादी; पादरी संघ-शासित गिर्जेका सदस्य, प्रेस्बेटरियन।

Presbyterian[2] a. पादरी-संघ-शासित, ज्येष्ठसंघ-सम्बन्धी, प्रेस्बाटरी।

Presbyterianism n. पादरीसंघसत्तावादी, ज्येष्ठसंघ-सत्तावादी, प्रेस्बीटरवाद।

Presbyterianize v. t. प्रेस्बीटर बनाना।

presbytery n. गिर्जेका पूर्वान्त्य भाग, पादरी-सत्तावादी सम्प्रदाय, प्रेस्बीटर-सम्प्रदाय; पादरी-आवास, पादरी-गृह।

prescience n. पूर्वज्ञान, भाविज्ञान, भविष्यद्ज्ञान, पूर्वबोध; समवेक्षण, क्रान्तिदृष्टि, दूरदृष्टि।

prescient a. पूर्ववेदी, पूर्वज्ञानी, भाविज्ञानी, भविष्यद्ज्ञानी; समवेक्षक, क्रान्तिद्रष्टा, पूर्वद्रष्टा।

prescribe v.t. & i. (*to* या *for* के साथ) निर्दिष्ट करना, निर्देश करना; प्रकल्पित करना, विधान करना, नियत करना, विहित करना, ठहराना; प्रणोदन करना, शासन करना, आज्ञा देना; औषध-निर्देश करना, कल्प बताना, नुसखा लिखना; स्वत्व-व्यवस्था करना, अधिकार-व्यवस्था करना; सीमित करना, बाँधना।

prescribed a. प्रदिष्ट, नियत, निर्धारित, विहित, विनिहित, प्रकल्पित (~ *fees, manner*)।

prescriber n. निर्देशक, विधायक; कल्पक, औषध-निर्देशक, औषध बतानेवाला।

prescript १. n. विधि, आज्ञा, आदेश, प्रणोदन; २. a. निर्दिष्ट, प्रकल्पित।

prescriptible a. निर्देश्य, आदेशाधीन, प्रकल्पनीय, औषधनिर्देशके अनुसार।

prescription n. निर्देशन, निर्धारण; प्रणोदन; शासन, विधान, आज्ञा, आदेश; (चिकि० का) योग, कल्प, उपचार-विधि, अगद-निर्देश, औषध-पत्र, नुसखा; (ला०) रूढ़ि, विधान, सनातन रीति, अनादि परम्परा, विधि, परिपाटी; चिरभोग, बहुकालभुक्ति; चिर-अधिकार, परम्पराधिकार, चिरभोगाधिकार।

prescriptive a. निर्देशात्मक, निर्धारणात्मक, विधानात्मक, प्रणोदनात्मक, आदेशात्मक, नियामक, व्यवस्थात्मक; चिरकालभुक्त (~ *right*); सनातन, शाश्वत, अक्षुण्ण, चिरव्यवहारसिद्ध, प्ररूढ़; परम्परा-सिद्ध, रीति-निर्दिष्ट, रीत्यनुसार।

presence n. सान्निध्य, साम्मुख्य, प्रत्यक्षता, समक्षता, आभिमुख्य; उपस्थिति, उपस्थान, सन्निधान, विद्यमानता, समुपस्थिति, वर्तमानता, मौजूदगी, सामना, हाजिरी; उपस्थिति-स्थान, पद (*retired from the* ~); रहन-सहन, चाल-ढाल, रंग-ढंग, (जैसे, *a man of noble* ~); रूप, आकार, आकृति; प्रत्युत्पन्न मति, प्रतिभा; प्रेत, छाया; ~-chamber आस्थान, दर्शनशाला, बैठक; ~ of mind प्रतिभा, समाहितत्व, आशु बुद्धि, तत्काल बुद्धि, उपस्थिति बुद्धि, प्रत्युत्पन्न मति; निराकुलता, असम्भ्रम, अव्यग्रता।

present[1] n. सम्प्रति, इहकाल, इस समय, आज-कल; *at* ~ सम्प्रति, वर्तमान समयमें, आजकल, अभी, इन दिनों; *by these* ~*s* (कानू० या हास्य०) प्रस्तुत प्रलेखानुसार; *for the* ~ सम्प्रति, अभी अभी तो, इस समय तो, फिलहाल।

present[2] n. उपग्राह्य, उपदान, उपायन, उपहार, प्राभृत, प्रदेशन; पुरस्कार, पारितोषिक; प्रतिदान, दक्षिणा; तोहफा, सौगात, बख्शीस, नजर; *make a* ~ *of* उपहार देना, भेंटमें प्रदान करना।

present[3] n. (विशे० बन्दूक आदिका) सन्धान, लक्ष्य-सन्धान, छतियाना; (अभिवादनके समय) शस्त्र-सन्धान-स्थिति; ~ ! सन्धान !, साधो !, छतियाओ !; ~ *arms* शस्त्राभिवादन, शस्त्रप्रणाम।

present[4] v.t. साक्षात्कार कराना, परिचित कराना, समक्ष लाना, मिलाना; भेंट कराना; (किसी व्यक्तिको) परमसत्ताके न्यायालयमें लाना; राजदर्शन कराना; पुरस्कृत करना, आगे रखना; समक्ष होना, प्रस्तुत होना, हाजिर होना, पेश होना; (नाटक) प्रदर्शित करना, अभिनीत करना; संस्तुति करना, सिफारिश करना; (व्यक्ति या वस्तुको) आविष्कृत करना, प्रदर्शित करना, प्रत्यक्ष करना; (बन्दूक आदि) सन्धानना, साधना, छतियाना; (विचारका) उठना, आना, सूझना; (वैधानिक या औपचारिक ढंगसे) निवेदित करना, सूचित करना; ~ person *with* a thing उसे भेंटमें यह प्रदान करो।

present[5]* a. उपस्थित*, प्रस्तुत, सन्निहित, विद्यमान, वर्तमान, सम्मुख, अभिमुख, प्रत्यक्ष, समीपवर्ती, मौजूद, तैयार, हाजिर; इहकालिक, तात्कालिक, प्रचलित, चलन-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

शील; अव्याकुल, सावधान; (व्या०) आधुनिक, वर्तमान-कालिक; ~ perfect पूर्ण वर्तमान; ~ tense वर्तमान काल।

presentability n. सुरूपता, सुडौलपन; पांक्तेयता, समागम्यता, दर्शनीयता, उपहार्यत्व।

presentable a. स्वरूपवान्, सुरूप, सुडौल; सभ्य; प्रदर्शनीय, देखनेका; प्रवेश्य, समागम्य, पांक्त्य, पांक्तेय, पंगत योग्य; उपहार्य, स्थातव्य, प्रस्तुत्य, उपहारमें देने योग्य, भेंट करने योग्य।

presentation n. अर्पण, समर्पण, दान, उपहार, भेंट (~ *copy*); निर्वपण, उपहरण, प्रस्तुति, प्रस्तुतीकरण; प्रदर्शनी, प्रदर्शन, दिखावा; नाट्य, अभिनय; परिचय, संपरिचय, उपस्थापना; (अध्यात्म०) साक्षात्कार; (गर्भ) परिस्थिति।

presentational a. साक्षात्कार-विषयक, प्रत्यक्षदर्शन-विषयक, प्रदर्शन-सम्बन्धी, दर्शनी; समर्पणीय।

presentationism n. (अध्यात्म०) विज्ञानवाद, प्रत्यक्षवाद, साक्षात्कारवाद, यथार्थवाद, दृश्यवाद।

presentationist, presentationalist nn. विज्ञानवादी, प्रत्यक्षवादी, साक्षात्कारवादी, यथार्थवादी, दृश्यवादी।

presentative a. प्रस्तुत्यात्मक; उद्भावनात्मक, उद्बोधात्मक, अनुभवात्मक, सूझवाला; (अध्यात्म०) प्रत्यक्षात्मक, अनुभूतिपरक, अनुभूतिप्रवण।

presentee n. (वृत्ति आदिके लिए) प्रस्तावित पादरी; प्रस्तुतनामा, संस्तुत व्यक्ति; (न्यायालयमें) उपस्थापी, उपस्थापित व्यक्ति; उपहृत व्यक्ति, उपहारग्रहीता, पुरस्कार विजेता।

presenter n. उपस्थापयिता, सन्निधाता, सम्मुखीकर्ता, अभिमुखीकर्ता, प्रत्यक्षकर्ता, भेंट करानेवाला; प्रचलित करनेवाला, चलनशील करनेवाला।

presentient a. पूर्वकाल्पनिक, पूर्वज्ञानी, पहले जान लेनेवाला।

presentiment n. (घटना या संकटका) पूर्वाभास, पूर्वबोध, पूर्वज्ञान, पूर्वकल्पना, अनुमान, अटकल।

presentive a. (शब्द) भावावबोधक, साक्षात्कर, प्रत्यक्षकर, वस्तुविज्ञापक।

presentiveness n. प्रस्तुत्यात्मकता, उद्भावनात्मकता, उद्बोधात्मकता, सूझ; प्रत्यक्षात्मकता, अनुभूतिपरकता, अनुभूतिप्रवणता।

presently adv. सद्यः, तत्क्षण, तत्काल, शीघ्र, अनन्तर, तुरन्त, क्षणभरमें, पलभरमें, झटसे; (प्रा०) प्रत्यक्षतः, स्पष्टतया; आवश्यकतया, अनिवार्यतः (*it does not ~ follow that*—)।

presentment n. (कानून) आरोपण, उपस्थापन, सौगन्ध कथन; नाट्य, प्रदर्शन, अभिनय, तमाशा; अनुकृति, प्रतिकृति, प्रतिच्छाया, छायाकृति, चित्र, तस्वीर; वक्तव्य, वर्णन, विवरण, बयान; प्रकथन; उद्भावन, उद्बोधन, सुझाव।

preservable a. परिरक्षणीय, सुरक्षित रखने योग्य।

preservation n. सुरक्षा, सरक्षा, बचाव; त्राण, गोपन, परिरक्षण; रक्षितावस्था (*in fair ~*)।

preservative[1] n. परिरक्षात्मक रसायन, परिरक्षक औषध; रक्षण-साधन।

preservative[2] a. तारक, त्राणकर, रक्षक, प्रतिरक्षी, परिरक्षी, परिरक्षणशील, परिरक्षणात्मक, पालक।

preservatize v.t. परिरक्षकीकरण करना, परिरक्षण-शील बनाना।

preservator n., **preservatory** a. तारक, त्राणकर, रक्षक, प्रतिरक्षी, परिरक्षक, परिरक्षण-शील, परिरक्षणात्मक।

preserve[1] n. अचार, सोंधाना, पाग, मुरब्बा; वन्य-पशु रक्षास्थान, सुरक्षित मृगया-स्थल, अहाता, जंगल; मत्स्यकुण्ड, मछलियोंका स्थान; (बहुव०) धूलका चश्मा।

preserve[2] v.t. परिरक्षण करना, सुरक्षित रखना, सँभालकर रखना, बचाना; (नाम, स्मृति आदि) पूर्ववत् रखना, जीवित रखना, बनाए रखना; (अवस्था) अविकृत रखना, अपरिवर्तित रखना; (गुण, दशा आदि) प्रतिधारित करना, नष्ट न होने देना, लुप्त न होने देना; अचार डालना, सोंधाना रखना, मुरब्बा बनाना।

preserved a. परिरक्षित, सुरक्षित (~ *fish*)।

preserver n. संरक्षक, परिरक्षक, बचानेवाला; वन्यपशु-रक्षक, आखेटरक्षक।

preses n. (स्कॉट०) सभापति, प्रेसीडेण्ट।

preside v. i. पीठासीन होना, अध्यक्षता करना, सभा-पतित्व करना; नियन्त्रण रखना, आधिपत्य रखना; प्रमुख होना, प्रधान होना, सर्वेसर्वा होना, कर्ताधर्ता होना।

presidency n. अध्यक्षता, सभापतित्व; अध्यक्षपद, प्रधानता, सभापतिपद; अध्यक्षपदावधि, सभापतिपदावधि; अध्यक्षक्षेत्र; अधिदेश, अधिप्रान्त, महाप्रान्त, प्रदेश, प्रेसिडेन्सी (जैसे, *Bengal, Bombay, Madras, P~*); अधिकार, आधिपत्य, अधीशत्व;

~ bank, ~ court, ~ magistrate, ~ prison, ~ small cause court, ~ town.

president n. अध्यक्ष, अधिष्ठाता, सभापति, मुखिया, प्रधान; प्रधानाचार्य; अधिकोषाध्यक्ष, बैंक-प्रधान ⊙; राष्ट्रपति, प्रेसीडेण्ट; (इति०) अधीश, प्रान्तपति, राज्यपाल, गवर्नर; ~-elect मनोनीत सभापति।

presidentess n. सभानेत्री, प्रधाना।

presidential a. अध्यक्षीय; सभापतीय; राष्ट्रपतीय।

presidentship n. अध्यक्षता, सभापतित्व, प्रधान-पद; राष्ट्रपतित्व।

presidial a. = PRESIDENTIAL.

presiding a. (~ *officer*) अधिष्ठाता; ~ judge पीठासीन न्यायाधीश।

presidium n. (साम्यवादी सरकारोंकी) स्थायी समिति; सभापति-मण्डल।

press[1] n. जनसम्मर्द, लोकनिवह, जनसंकुलता, जमाव, भीड़; अभ्याघात, संघर्ष, संघट्टन, धका-पेल, रौंदा-रौंदी, कशमकश, खींच-तान, घबराहट, हड़बड़ी; व्यस्तता, अस्त-व्यस्तता; निपीडन, पीडन, पेषण, दबाव, चपेट;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

निष्कर्षकी, पीडन-यन्त्र, पेषण-यन्त्र, शिकंजा, चपने या ढालनेका यन्त्र, बेलन, साँचा; मुद्रणालय, छापाखाना, प्रेस; मुद्रणयन्त्र, छपाईकी मशीन (*in* ~); दीवारी अलमारी; पत्र-संसार, पत्रकार-जगत्; वृत्तपत्र, समाचार-पत्र, अखबार; पत्रकारिता; ~-box पत्र-प्रतिनिधिस्थल; ~-conference पत्रप्रतिनिधि-सम्मेलन, पत्रकार-सम्मेलन; ~-gallery पत्रकारवीथिका, ~man पत्र-प्रतिनिधि, पत्रकार; मुद्रणकर्मचारी; ~mark पुस्तक-संख्या, ग्रन्थ-संख्या; मुद्रण-चिह्न; ~ note प्रेस-विज्ञप्ति; ~ adviser, ~ advisory committee, ~ agent, ~ book depot, ~-button, ~ campaign, ~ card, ~ censorship, ~ communique, ~ copy, ~ correspondent, ~-feeder, ~-forge, ~ gang, ~-made, ~-master, ~ material, ~-matter, ~-noticed, ~ order, ~-pack, ~-packed, ~ plunger, ~ register, ~ release, ~ report, ~-representative, ~room, ~-roundup, ~ staff, ~work, ~worker, ~-working.

press[2] v.t. & i. सम्पीड़ित करना, निपीडित करना, प्रपीड़ित करना, कसना, दबाव डालना; आलिंगन करना, भुजबन्धन भरना, बाहुबद्ध करना, परिरम्भण करना, चिपटना, चिपकाना; मर्दन करना, मींजना; पिचटना, पिचकाना, दरेरना, चपेटना; पेरना, निचोड़ना; पीड़ित करना, निष्पीड़ित करना, क्लेश देना, सन्ताप देना, परिताप देना, अत्याचार करना, दमन करना, उद्विग्न करना; संयमित करना, संहनन करना, पी जाना; आवश्यक होना; अभाव होना, तंगी होना; आग्रह करना, अनुरोध करना, दबाना, जोर डालना; प्रणोदन करना, प्रेरित करना, प्रोत्साहित करना; तत्काल कार्यवाही करना; तकाजा करना, माँग करना; विनय करना, प्रार्थना करना, अनुरोध करना, गिड़गिड़ाना, हाथ-पैर जोड़ना; (शब्दोंके अर्थोंपर) दुराग्रह करना, हठ पकड़ना; मजबूर करना, लाचार करना; आग्रहपूर्वक देना, गले लगाना, मत्थे मढ़ना; भीड़ लगाना, घिर आना, उमड़ना, जुट जाना, मेला लगाना; प्रसरण करना, उपसर्पण करना, प्रगमन करना, पग बढ़ाना, आगे पग धरना।

press[3] n. (इति०, सेना या नौसेनामें) अनिवार्य भर्ती; ~-gang अनिवार्य भर्तीके सैनिक।

press[4] v.t. (सेना या नौसेनामें) अनिवार्य भर्ती करना, जबरदस्ती भर्ती करना; (ला०) बलात् उगाहना, नजराना वसूल करना, बेगार लेना।

pressed a. सम्पीडित, निपीडित, प्रपीडित, कसा हुआ, दबाया हुआ; बाहुबद्ध, भुजबद्ध, परिरब्ध, आलिंगित।

presser n. सम्पीडक, निपीडयिता, प्रपीडयिता, कसनेवाला, दबाव डालनेवाला; परिष्वजक, आलिंगन करनेवाला, चिपटानेवाला, चिपकानेवाला; मर्दक, मर्दन करनेवाला, दरेरनेवाला, चपेटनेवाला; परितापक, सन्तापक, अत्याचारी; प्रणोदक, प्रेरक, प्रोत्साहक; विनयकर्ता, गिड़गिड़ानेवाला।

pressing a. अव्याक्षेपी, अनतिपाती, अतिनिर्बन्धक; आग्रही, अत्यावश्यक; प्रबल, घोर, भारी, जोरदार (~ *need*); निर्विलम्ब; प्रभावपूर्ण; साग्रह, सानुरोध, आग्रहपूर्ण (~ *invitation*)।

pression n. = PRESSURE.

pressirostral a. चिपट-चंचु, चपटी चोंचवाला।

pressural a. निपीडीय, पीडनशील, आपीडनीय, भार-विषयक, दबाव-सम्बन्धी; प्रभाव-विषयक; पीडन-मात्रा-विषयक।

pressure n. निपीड, पीडन, आपीडन, बल, भार, दाब, दबाव; वेग, प्रभाव; पीडनमात्रा, भार एवं दबाव आदिकी मात्रा; कार्याधिक्य; उत्पीडन, अत्याचार; विपत्ति, संकट, बाधा, क्लेश, कष्ट, अभाव, तंगी, मुसीबत; अत्यावश्यकता, अनुरोध, अतिपात, भीड़; बलात्कार, जबरदस्ती, प्रणोदन, प्रवर्त्तन, प्रेरण; atmospheric ~ वात-निपीड, वायु-चाप, वायु-भार; blood-~ रक्त-चाप; high ~ उच्चनिपीड, उच्च-चाप, उच्च-भार; (ला०) प्रचण्डता, प्रबलता, व्यस्तता; low ~ अल्प-निपीड, अल्प-चाप, न्यून-भार; ~ coefficient, ~ cooker, ~ cylinder, ~ die-casting, ~ filter, ~ gauge, ~ head, ~ heater, ~ metamorphism, ~-packed, ~ pipe, ~ plate, ~ pump, ~ steam sterilizer, ~ transmission, ~ tube, ~-vessel.

pressurize v.t. निपीडन करना; वायु-चाप-क्षम बनाना।

pressurized a. सम्पीडित, निपीडित; वायु-चापित।

prest n. (अप्र०) ऋण, कर्ज, कर्जा, उधार।

prestation n. (रुपयेकी) अदायगी, जमा करना।

prestidigitation n. माया, इन्द्रजाल, करामात, डिठवन्धी, छूमन्तर।

prestidigitator n. मायावी, ऐन्द्रजालिक, मदारी, डिठवन्ध।

prestige n. यश, कीर्ति, ख्याति, प्रतिष्ठा, प्रसिद्धि, गौरव, बोलबाला; रोब, दबदबा; माया, इन्द्रजाल, धोखा।

prestigiator n. ऐन्द्रजालिक, जादूगर।

prestigious a. छलयुक्त, कपटपूर्ण, धोखेबाज।

presto[1] a. द्रुत, त्वरित, वेगवान्, क्षणभरमें हो जानेवाला।

presto[2] adv. सपदि, झटिति, शीघ्र, तुरन्त, झटसे, छू! छूमन्तर!

presumable a. ग्राह्य, धार्य, मान्य, स्वीकार्य, शिरोधार्य; कल्पनीय, अनुमेय, आनुमानिक।

presume v.t. & i. स्वीकार करना, शिरोधार्य करना, अंगीकार करना, मानना, सिरपर लेना; दर्प करना, प्रगल्भता करना, धृष्टता करना, दुःसाहस करना, गुस्ताखी करना; कल्पना करना, अनुमान करना, समझ बैठना, मान लेना; ~ (*up*)*on* (सज्जनतासे) अनुचित लाभ

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

उठाना, बेजा फायदा उठाना।

presumed a. स्वीकृत, शिरोधृत, अंगीकृत; कल्पित, अनुमानित।

presumer n. स्वीकर्ता, शिरोधारयिता, अंगीकर्ता, सिर-माथे लेनेवाला; दर्पी, प्रगल्भी, धृष्ट, दुर्विदग्ध व्यक्ति, दुःसाहसी, गुस्ताख; अनुमाता, प्रकल्पक।

presuming a. स्वीकर, शिरोधारी, अंगीकारी, मुड़ियानेवाला, सिर-माथे लेनेवाला; दर्पी, प्रगल्भी, धृष्ट, दुःसाहसी, दुर्विदग्ध, गुस्ताख; अनुमान करनेवाला, कल्पना करनेवाला।

presumption n. परिकल्पन, परिकल्पना, स्वीकरण, ग्रहण, शिरोधारण, अंगीकरण; दर्प, गर्व, अवलेप, अभिमान, अहंकार; धृष्टता, साहस, ढिठाई, दिलेरी, गुस्ताखी; कल्पना, तर्क, अनुमान, धारणा, विचार, ख्याल (*this was a mere* ~); सम्भाव्यता, सम्भावना; अनुमानित वस्तु, भावित वस्तु।

presumptive a. सम्भावी, सम्भावित, सम्भाव्य, आनुमानिक, परिकल्पित, अनुमानसिद्ध, धारणात्मक (~ *evidence*); heir ~ सम्भाव्य उत्तराधिकारी।

presumptuous a. प्रगल्भ, धृष्ट, धृष्णु, दुःसाहसी, अत्यभिमानी, हठी, जिद्दी, ढीठ, गुस्ताख।

presumptuousness n. प्रगल्भता, धृष्टता, दुःसाहस, अभिमान, ढिठाई, गुस्ताखी।

presupposal n. = PRESUPPOSITION.

presuppose v.t. पूर्वभावना बनाना, पूर्वानुमान करना, पूर्वधारणा करना, अग्रकल्पना करना; लक्षित करना, ध्वनित करना, व्यंजित करना (जैसे, *effects* ~ *causes*)।

presupposition n. पूर्वभावना, पूर्वानुमान, पूर्वधारणा, अग्रकल्पना; (तर्कके आधारपर) पूर्वगृहीत वस्तु या सिद्धान्त।

pretence, pretense ⊙ nn. छद्म, छल, व्यपदेश, अपदेश, उपधा, कैतव, कपट, बहाना (*under the* ~ *of helping*); मिथ्या हेतु, निमित्त; लिप्सा, महत्त्वाकांक्षा; अभिमान; अभियोग, स्वत्वप्रतिपादन; प्रदर्शन, आडम्बर, बनावट (*devoid of all* ~)।

pretend v.t. & i. छल करना, व्यपदेश करना, अपदेश करना, कपट करना, बहाना करना (*you should* ~ *illness*); (नाटकमें) स्वरूप धारण करना, रूप भरना (*does not* ~ *to be a scholar*); प्रदर्शित करना, दम भरना, दिखाना, जाहिर करना; मिथ्यारोपण करना; लिप्सा करना, स्पृहा करना, महत्त्वाकांक्षा रखना; साहस करना, जोखिम उठाना; अध्यर्थना करना, अभियोग लगाना, दावा करना।

pretended a. छलयुक्त, व्यपदिष्ट (~ *title*)।

pretender n. छाद्मिक, कपटी, दम्भी; मिथ्याभियोगी, निराधार स्वत्व-प्रतिपादक, झूठा दावेदार; (अंग्रेजी इति०) Old P~ जेम्स द्वितीयका पुत्र; Young P~ जेम्स द्वितीयका पौत्र।

pretendership n. कपटीपन; मिथ्याभियोग, झूठा दावा।

pretension n. अध्यर्थन, अभियोग, दावा; सत्याभियोग, न्याय्याधिकार, उचित स्वत्व, सच्चा दावा; वृथाभिमान, मिथ्याभिमान; धृष्टता, ढिठाई; आडम्बर; कपट; बहाना।

pretentious a. दाम्भिक, मिथ्याभिमानी, डींग मारनेवाला; आडम्बरपूर्ण, कपटी, धूर्ततापूर्ण, बनावटी, दिखावटी।

pretentiousness n. दाम्भिकता, मिथ्याभिमानिता, डींग मारना; आडम्बरपूर्णता, धूर्तता, पाखण्ड, दम्भ, बनावटीपन, दिखावटीपन।

preterhuman a. अतिमानव, अतिमानुषिक, मानवातीत।

preterimperfect n. (व्या०) अपूर्णकाल।

preterist n. अतीतवादी, भूतवादी, भूतकाल-विश्वासी।

preterite[1], **-it**[1] nn. भूतकाल, अतीतकाल।

preterite[2], **-it**[2] aa. (व्या० एवं हास्य०) भूत, अतीत, बीता हुआ, गुजरा हुआ, परोक्ष; ~ tense पूर्णभूतकाल, पूर्णअतीतकाल; ~ present tense पूर्णवर्तमानकाल (जैसे, *can, may, shall*)।

preteriteness n. विगतता, भूतावस्था, अतीतावस्था; परोक्षता।

preterition n. अतिक्रम, अतिक्रमण; अतीतवादिता, भूतवादिता, भूतकालमें विश्वास; अतीतत्व, गतत्व, विगतता, भूतकालिकता।

pretermission n. लोप, लुप्ति, लोपन, चूक; अत्यय, अतिक्रम, अवक्रम, अवज्ञा, उपेक्षा, अवमानना; त्याग, छुटकारा।

pretermit v.t. अत्यय करना, अतिक्रमण करना, अवक्रमण करना, अवज्ञा करना, उपेक्षा करना, अवमानना करना, विस्मृत कर देना, भूल जाना; परित्यक्त करना, त्यागना, छोड़ देना।

preter-natural a. अतिप्राकृतिक।

preter-perfect a. = PERFECT.

preter-sensual a. अतीन्द्रिय।

preteriary a. (भूगर्भ०) तृतीय स्तरसे पूर्व, पूर्वतृतीयक।

pretext[1] n. कूट, छल, कपट; व्यपदेश, अपदेश, कैतव, व्याज, मिथ्या तर्क, हीला-हवाला, बहाना।

pretext[2] v.t. व्यपदेश करना, अपदेश करना, कैतव करना, मिथ्या तर्क करना, हीला-हवाला करना।

pretone n. पूर्वाघात अक्षर।

pretor दे० PRAETOR.

prettification n. कमनीयन, शोभनीकरण, सुन्दरीकरण, रमणीय बनाना।

prettify v.t. शोभन बनाना, कमनीय बनाना, रमणीय बनाना, सुन्दर बनाना।

prettiness n. कान्ति, चारुता, शोभनता, कमनीयता, रमणीयता, लावण्य, सुन्दरता; सुरम्य वस्तुएँ, सुन्दर पदार्थ; (शैलीका) चमत्कार, कृत्रिम सौन्दर्य।

pretty[1] n. (गिलास इत्यादिमें) माप-रेखा (जैसे, *fill it up to the* ~)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

pretty[2] a. कान्त, चारु, शोभन, कमनीय, रमणीय, सुरम्य, मनोरम, चित्ताकर्षक, लावण्यवान्, लावण्यवती, सलोना, अलबेला, सुथरा, बाँका (~ *woman*); श्रेष्ठ, उत्तम, बढ़िया (~ *song, story*); स्वस्थ, हृष्टपुष्ट, मोटा-ताजा, हट्टा-कट्टा; (प्रा०) अमित, अपरिमित, अत्यधिक; (लुप्तपद संज्ञा) प्रीतिपात्र, सुन्दर व्यक्ति, सुन्दर बच्चा; (pl.) अलंकार, भूषण; ~-~ अतिशृंगार-प्रिय, अतिसौन्दर्यप्रिय, अतिकमनीयताप्रिय; *my* ~ मेरे बच्चे, मेरे मुन्ने, मेरे नन्हे, मेरे लाडले।

pretty[3] adv. नितान्त, प्रायशः, बहुशः, परम, खूब, खासा, बहुत करके (जैसे, *I am* ~ *well, this is* ~ *much the same thing*)।

prettyish a. कमनीय-सा, सुन्दर-सा, सलोना-सा।

prettyism n. चमत्कारवाद, कृत्रिम सौन्दर्यवाद; लावण्य, सुन्दरता।

pretzel n. प्रेटजेल (एक प्रकारका बिस्कुट)।

prevail v. i. साधिकार होना, अधिकार करना; अभिभावी होना, अभिभूत करना, पराभूत करना, पराजित करना, विजय पाना; निष्पन्न होना, निष्णात होना; प्रसिद्ध होना, साधारणीभूत होना; प्रवृत्त होना, व्याप्त होना, हावी होना, छाना; ~ *against, over* अधिक प्रसिद्ध होना, अधिक प्रचलित होना; अभिभूत करना; प्रबल होना; ~ *(up)on* प्रवृत्त करना, प्रोत्साहित करना, प्रेरित करना, राजी करना, सहमत करना।

prevailing a. प्रधान, प्रबल, अतिरेकवान्, आधिक्य-युक्त; प्रभुत्ववान्, प्रवर्तमान, व्यापी, हावी (~ *disease*); प्रचारित, प्रचलित, सर्वसाधारण; प्रथित, प्रसिद्ध।

prevalence, -cy nn. प्राधान्य, प्राबल्य, प्रबलता, अतिरेक, आधिक्य, श्रेष्ठता, प्रभुत्व; प्रसिद्धि; प्रचार, प्रचलन, प्रवृत्ति।

prevalent a. प्रभविष्णु, सप्रभाव, प्रधान, मुख्य, प्रबल; अतिरिक्त, साधारण, साधारणीभूत; प्रचलित, चलता; व्याप्त, व्यापक, फैला हुआ।

prevaricate v. i. अपलाप करना, वाक्छल करना, वक्रोक्ति कहना, कपटवाक्य बोलना, बहकाना, डहकाना, टेढ़ी-मेढ़ी बातें कहना, आनाकानी करना, टालमटोल करना।

prevaricating a. अपलापी, व्यपदेशी।

prevarication n. अपलाप, अपह्नव, वाक्छल, व्यपदेश, छद्म, वक्रोक्ति, हेरफेर, टालमटोल, गोलमाल।

prevaricator n. अपलापी, अपदेशक, अपह्नवी, वाक्छली, व्यपदेशी, छली, टालमटोल करनेवाला, गोलमाल करनेवाला।

prevenance n. सौजन्य, सज्जनता, शिष्टता, उपकारी शिष्टाचार।

prevenient a. पूर्व, पूर्वकालिक, अग्रवर्ती, पहलेका; अग्रगामी, आगेका।

prevent v.t. प्रतिकार करना, प्रतिषेध करना, प्रतिबन्ध करना, निषेध करना, रोकना, मना करना; समाप्त करना, खत्म करना; विघ्न पहुँचाना, बाधा डालना, रुकावट डालना।

preventable, preventible aa. निवार्य, निरोध्य, प्रतिरोध्य, प्रतिषेध्य, रोकने योग्य, हटाने लायक (~ *disease*)।

preventer n. प्रतिकारक, प्रतिषेधक, प्रतिबन्धक, निषेधक, निरोधक, निवारक, रोकनेवाला; (नौवि०) रस्सी, साँकल, जँजीर, चटखनी, बल्ली।

prevention n. रोध, प्रतिरोध, निरोध, निवारण, निषेध, प्रतिबन्ध, बाधा, व्याघात, विघ्न, रुकावट, अटकाव, मनाही, रोक-थाम; ~ *is better than cure* सौ दवासे एक परहेज अच्छा।

preventional a. = PREVENTIVE.

preventionist n. (युद्ध या रोगके विषयमें) रोधवादी, प्रतिरोधवादी, निरोधवादी, निवारणवादी, निषेधवादी।

preventive[1], **preventative**[1] nn. निरोधक व्यक्ति, निरोधक पग, प्रतिबन्धक, निवारक, निरोधक औषध।

preventive[2], **preventative**[2] aa. निरोधक, निवारक, बाधक, निवारणात्मक, रोकथामवाला (~ *action*)।

preview n. पूर्वदर्शन।

previous[1] a. गत, पूर्व, पूर्वतन, पूर्ववर्ती, अतीत, पिछला, पहला, बीता हुआ; (प्रा०) अधीर, हड़बड़िया, जल्दबाज (*you have been a little too* ~); ~ question (संसद्) पूर्वप्रश्न, मुख्य प्रश्न; ~ application, ~ assent, ~ decision, ~ demand, ~ history, ~ knowledge, ~ quarter, ~ reference, ~ sanction.

previous[2] adv. पूर्व, के पहिले, से पहिले, से आगे (जैसे, *has called* ~ *to writing*)।

previously adv. पूर्व, पूर्वतः (दे० PREVIOUS[2])।

previousness n. पूर्ववर्तिता, पहलापन; हड़बड़ी, जल्दबाजी।

previse v.t. पूर्वेक्षण करना, अग्रनिरूपण करना, दूरदर्शितासे काम लेना, पहिलेसे देख लेना।

prevision n. पूर्वेक्षण, अग्रनिरूपण, दूरदर्शिता, पूर्वज्ञान, अग्रदृष्टि, दूरदृष्टि।

previsional a. पूर्वेक्षणीय, अग्रनिरूपण-विषयक, दूरदर्शिता-सम्बन्धी, अग्रदृष्टि-सम्बन्धी, दूरदृष्टि-सम्बन्धी; दूरदर्शितापूर्ण, अग्रदृष्टिपूर्ण।

prey[1] n. आखेट, अहेर, शिकार; आमिष, मांस; (बाइबिल) अपहृत वस्तु, लूटका माल; (शत्रु, रोग या भयका) भक्ष्य, बलि, खाद्यग्रास; *beast, bird, fish, of* ~ हिंस्र या शिकारी पशु, पक्षी या मत्स्य; *fall a* ~ *to* का शिकार होना।

prey[2] v. i. वध करना, हिंसा करना, शिकार मारना; अपहरण करना, लुण्ठन करना, लूटना; (रोग, भावावेग आदिका) ग्रसना, पीड़ित करना, दुःख देना, घुलाना।

preyer n. पीड़क, शिकारी; लुटेरा।

priapism n. अशिष्टता, असभ्यता, मूर्खता, मूढ़ता, गँवारपन; अनवरत शिश्नोन्नति, अनवरत लिंगका खड़ा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

रहना ।

price[1]* n. पण्य, मूल्य*, दाम*, कीमत, भाव, दर; (ला०) दाँवपर रखा हुआ धन; बोली (*starting ~ of a horse*); ~ current प्रचलित मूल्य, वर्तमान मूल्य, बाजारभाव, चालू दाम; *above, beyond, without, ~* मूल्यातीत, अनर्घ्य, अमूल्य, अनमोल; *of ~* महार्घ, बहुमूल्य; *set ~ on* a person's *head* (किसीकी गिरफ्तारी या हत्याके लिए) पुरस्कारकी घोषणा करना; *what ~ the Concert of Europe?* इन्द्रका सिंहासन तो तुम्हारे हाथमें है न; ~ allowance, ~ analysis, ~ chargeable, ~ control, ~ differentials, ~ enquiry, ~ fixation order, ~ fluctuations, ~ increment, ~ index, ~ level, ~ list, ~-marking, ~ movement, ~ relations, ~ relative, ~ stabilization, ~ stamp, ~ stamping.

price[2] v.t. मूल्य लगाना, मोल लगाना; मोलभाव करना, दाम पटाना; (ला०) मूल्यांकन करना, दाम कूतना ।

priced a. समूल्य, कृतमूल्य, दामवाला; high ~ महार्घ, महार्घ, बहुमूल्य; low ~ अल्पमूल्य, कमदाम ।

priceless a. अनर्घ्य, अमूल्य, अमोल, अनमोल; (प्रा०) मनोरंजक, कौतुकपूर्ण, विचित्र; असंगत, असम्बद्ध, बेकार, अनमेल, बेहूदा ।

pricelessness n. अनर्घ्यता, अमूल्यता, अमोलपन, अनमोलपन; अतिमनोरंजकता, कौतुकपूर्णता, विचित्रता, असंगति ।

prick[1] n. वेध, वेधन, तोद, तोदन, भेदन, छिद्रण, छेद, सूराख; सूचीभेद, चुभन; डंक; गोदा; यातना, व्यथा; (प्रा०) अंकुश, औगी, पैना, अरई; सूचिका, सूची, सुई, सूजा; (प्रा०) लिंग; ~-eared शल्यकर्ण, खड़े कानवाला; ~-ears शल्य कर्ण, खड़े कान; *kick against the ~s* दीवालपर सिर दे मारना ।

prick[2] v.t. & i. वेधना, बींधना, तोदन करना, छेदना; सूचीवेधन करना, चुभोना, गोदना, कोचना, गड़ाना, चुटकी लेना; (ला०) तीव्र यातना देना, सालना, कोसना; (प्रायः घोड़ेको) ठोकर मारना, एँड़ लगाना; बढ़ाना, लगाम ढीली कर देना; बिन्दुओंसे चिह्नित करना; ~ *in* पौधा रोपना; ~ *off* पौधेको कुछ अन्तरसे लगाना; ~ *out* पंक्तिरोपण करना; ~ *the bladder* or *bubble* भण्डा फोड़ना, कलई खोलना; ~ *up one's ears* कान खड़े करना, चौकन्ना होना ।

pricked a. सूचीविद्ध, शल्यविद्ध, छिद्रित ।

pricker n. कण्टिका, वेधक, बींधनेवाला, चुभानेवाला; वेधयन्त्र (जैसे, सूची, सुई, सूजा, टेकुआ इत्यादि) ।

pricket n. दूसरे वर्षका हिरन; खूँटी ।

pricking n. वेध, वेधन, तोद, तोदन, भेदन, छिद्रण, छेद; सूचीभेद, चुभन; गोदना, गड़ाना ।

prickle[1] n. शिताग्र, शूक, शल्य, शूल, कण्टक, काँटा, फाँस, किरिच ।

prickle[2] v.t. & i. शिताग्रित करना, बींधना, वेधना, सालना, चुभाना, कोंचना; चुभना, छिदना, कसकना, खटकना, सालना ।

prickle[3] n. टोकरा, टोकरी, झावा, डलिया, झउआ ।

prickliness n. शल्यता, काँटीलापन, नुकीलापन, बहुकण्टकता; झनझनाहट, सनसनाहट, झुनझुनी, चुनचुनी ।

prickling[1] n. वेधन, चुभन, छेदन, कसक, कोंचन, साल ।

prickling[2] a. शल्यक, वेधक, भेदक, छेदक, सालनेवाला, कसकनेवाला ।

prickly a. सशूल, बहुशूक, सकण्टक, काँटेदार, काँटीला; सनसनाहटवाला, झनझनाहटवाला; ~ heat अँधौरी, अम्हौरी; ~ pear नागफनी; नाखा, नाख ।

pricksong n. गमक; लिखित संगीत ।

pride[1] n. दर्प, गर्व, मद, उत्सेक, अभिमान, अहंकार, औद्धत्य, अहम्मन्यता, मान, घमण्ड, ठस्सा, शेखी, हेकड़ी; आनबान, तड़क-भड़क, ठाट-बाट; गौरव, मर्यादा, प्रतिष्ठा, स्वाभिमान, आत्मसम्मान; अभिमानास्पद; (सिंहोंका) गोल, झुण्ड, लेंहड़ा; false ~ मिथ्याभिमान; ~ of place पदाभिमान; ~ *hath a fall, ~ goes before a fall, ~ will have a fall* शेखीका मुँह काला, गरूरका सर नीचा, गिरता है सरके बल जो कोई सर उठा चले; ~ *of the morning* सुबहका कोहरा; *take a ~ in* (किसी बातपर) गर्व करना ।

pride[2] v. refl. अभिमान करना, गर्व करना, घमण्ड करना, इतराना, फूला-फूला फिरना ।

prideful a. गर्वीला, अहम्मन्य, अहंकारी, अहंकारयुक्त, अभिमानपूर्ण, ठस्सेबाज, घमण्डी, हेकड़ीबाज ।

pridefulness n. अहम्मन्यता, अहंकारिता, गर्वीलापन घमण्डबाजी, ठस्सेबाजी, हेकड़ीबाजी ।

prideless a. गर्वहीन, अहम्मन्यतारहित, निरहंकारी अहंकाररहित, घमण्डसे रहित; गौरवहीन, स्वाभिमानशून्य, आत्मसम्मानहीन ।

pridian a. गताह्निक, विगताह्निक, पिछले दिनका, कलका ।

prier n. अन्वेषक, खोज करनेवाला ।

priest[1] n. पुरोधा, पुरोहित, पुजारी, पाधा, पादरी, प्रीस्ट; (ला०) पूजक, उपासक; याजक, याज्ञिक, ऋत्विज, होता, अध्वर्यु, पण्डा; गुरु, आचार्य, उपाध्याय; धर्माचार्य, धर्माध्यक्ष; (मछली मारनेका) मूसल, मोंगरी; ~craft पुरोहितनीति, पोपलीला, पुजारीका धूर्तता; ~-ridden पुरोहिताधीन, पुजारीके शासनके अन्तर्गत ।

priest[2] v.t. पुरोहित बनाना, पुजारी बनाना, पादरी बनाना; उपाध्याय या धर्माचार्य नियुक्त करना; ऋत्विज बनाना, उपासक बनाना ।

priestess n. होत्री, याजिका, पुजारिन, पुरोहितानी ।

priesthood n. पौरोहित्य, पुरोहिताई, पादरीगीरी; पादरीवृत्ति; उपाध्यायवृत्ति, उपाध्यायपद; पादरी लोग ।

priestless a. पुरोहितविहीन, धर्माचार्यरहित, पादरीरहित ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

priestlike a. पुरोहितोचित; उपाध्यायोचित; याजकोचित, धर्माध्यक्षोचित, राजपुरोहितवत् ।

priestliness n. पौरोहित्य, पुजारीपन, पण्डागीरी, पादरीपन, पादरीगीरी ।

priestling n. अल्पाधिकारी धर्माचार्य या राजपुरोहित, छोटा पादरी ।

priestly a. पुरोहितीय, धर्माचार्योचित, पादरी-सम्बन्धी, पादरियोंका (~ *code*); उपाध्यायोचित, पुरोहितोचित ।

prig[1] n. दम्भी, दाम्भिक; रूपगर्वित, छैला; प्रदर्शनप्रिय; अतिनैष्ठिक; (ग्रा०) तस्कर, चोर, उचक्का ।

prig[2] v.t. (ग्रा०) चुराना, मूसना ।

priggery, priggishness, priggism nn. अभिमान, दम्भ, दाम्भिकता; रूपगर्व; प्रदर्शनप्रियता; अतिनैष्ठिकता ।

priggish a. दम्भी, रूपगर्वित, आत्माभिमानी, घमण्डी, अकड़बाज ।

priggishness n. दे० PRIGGERY.

priggism n. दे० PRIGGERY.

prim[1] v. i. & t. अतिविनीत भाव धारण करना; विनययुक्त मुखाकृति बनाना ।

prim[2] a. अतिविनीत, विनययुक्त, औपचारिक ।

prima a. = PRINCIPAL; FIRST.

primacy n. प्रधानता, मुख्य स्थान; श्रेष्ठता, अधिमान, अधिगौरव; प्रधान पुरोहित-पद, लाटपादरीका पद ।

primaeval a. = PRIMEVAL.

primage n. अधिनौभाटक, अतिरिक्त भाड़ा, सुरक्षाभाड़ा, कमीशन ।

primal a. पुरातन; आद्य, आदिम, आदिमयुगीन, प्राथमिक, प्रारम्भिक, शुरू-शुरूका; मौलिक, असली, बुनियादी; मुख्य, प्रधान, प्रमुख, बड़ा ।

primality n. आदि, मूल, प्रारम्भ; प्रधानता, प्रमुखता ।

primarily adv. आद्यतः, मूलतः, प्रारम्भतः, आदिमरूपेण, मुख्यतया, प्रधानतया ।

primariness n. आद्यता, मूलता, मौलिकता, प्रथमता, प्राथमिकता, प्रारम्भिकता; मुख्यता, प्रमुखता, प्राधान्य, प्रधानता; उत्तमता, सर्वश्रेष्ठता, सर्वप्रियता ।

primary[1] n. मूलग्रह, प्रधान तारा, प्रधानग्रह; प्रधान सम्मिलन, प्रमुख भेंट ।

primary[2] a. आदिम, आद्य, मूल, मौलिक, प्रथम, प्राथमिक, प्रारम्भिक; मुख्य, प्रमुख, प्रधान; उत्तम, सर्वश्रेष्ठ, सर्वप्रिय; ~ colours मौलिक रंग (लाल, नीला और पीला); ~ planets मूलग्रह, प्रधान ग्रह; ~ school प्राथमिक विद्यालय, प्राइमरी स्कूल;

~ agent, ~ amputation, ~ battery, ~ capital, ~ data, ~ duty, ~ education, ~ evidence, ~ factor, ~ host, ~ infection, ~ meaning, ~ meeting, ~ origin, ~ planet, ~ root, ~ selection, ~ units.

primate n. प्रधानोपाध्याय, प्रधान पादरी, लाट पादरी; (जन्तुवि०, विशे० बहुव०) प्रधान जीव, नरवानर, प्रधान स्तनी ।

primatial a. प्रधान पादरी-विषयक; प्रधान स्तनि-सम्बन्धी ।

prime[1] n. पूर्णावस्था, पूर्ण विकासावस्था, उत्तम दशा, चरमावस्था, प्रौढ़ता, प्रौढ़ावस्था, वसन्त, बहार; उठान, उभार, पूरा जोर, (जैसे, *in the ~ of life, manhood*); सर्वोत्तम अंश, सर्वश्रेष्ठ भाग; आरम्भ, आद्यावस्था, आरम्भिक दशा; प्रातःकालीन उपासना; उषःकाल, भोर, तड़का, सवेरा; रूढ़ संख्या, अभाज्य संख्या; (रसा०) अणु, परमाणु; (खड्गचालनका) एक पैंतरा ।

prime[2] v.t. & i. (बन्दूक आदिमें) रंजक पिलाना, बारूद डालना; (पिचकारी या पम्पमें) तेल देना; समाचार पहुँचाना, सूचना देना, सिखा देना; मद्यपान कराना, शराब पिलाना; रोगन चढ़ाना; अस्तर चढ़ाना ।

prime[3] a. मुख्य, प्रधान, प्रमुख, सर्वोपरि, सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण (~ *agent, motive*); उत्तम, सर्वोत्कृष्ट, सर्वश्रेष्ठ, परम, विशिष्ट; आदि, प्रथम, प्राथमिक, आद्य, आदिम, मौलिक, आधारभूत; (गणित) रूढ़, अभाज्य; ~ meridian शून्य अंश देशान्तर रेखा; ~ minister प्रधान मन्त्री ।

primeness n. उत्तमता, सर्वश्रेष्ठता, परम श्रेष्ठता, विशिष्टता, सर्वोत्कृष्टता ।

primer[1] n. प्रथमक, आदिचालक; बालबोध, बालपोथी, पहली बालपाटी, वर्णमाला-पुस्तक, वर्णपरिचय, शिशुशिक्षा; (इति०, अँग्रेजोंकी) प्रार्थना-पुस्तक, भजन-ग्रन्थ; मुद्रणाक्षरका माप (*great, long, ~*) ।

primer[2] n. (बन्दूक आदिमें) रंजक पिलानेवाला; (पम्प आदिमें) तेल देनेवाला; रंजक उड़ानेका चोगा या पलीता ।

primero n. प्रिमेरो (ताशका एक प्राचीन खेल) ।

primeval, -aeval aa. आद्य, आदिम, आदियुगीन, आदिकालिक, प्राक्कालीन, पूर्वकालीन; मूल, प्रथम, प्राथमिक, प्राचीन, पुरातन, पुराना ।

primigenial (अशुद्ध **primogenial**) aa. प्रथमजात, जेठा, पहलौठीका; मौलिक, आदिम, प्राथमिक ।

priming[1] n. रंजक पिलानेवाला, तेल देनेवाला आदि; रंजक; (पहली तहका) लेप, रंग; चीनी एवं बीयर शराबका मिश्रण; रटाना, दिमागमें ठूँसना, घोंटकर पिलाना ।

priming[2] n. ज्वारकी उठान ।

primipara n. प्रथमप्रसूता, पहली बार प्रसव करनेवाली स्त्री ।

primiparous a. प्रथमप्रसविनी, प्रथम बार प्रसव करनेवाली, पहलौठी लड़का पैदा करनेवाली ।

primitiae n. pl. प्रथम फल, पहली फसलका दान ।

primitive[1] n. (पुनर्जागरणकालके पूर्वका) चित्रकार, रंजक, रंगकार; चित्रकला, चित्रकारी; धातु, अव्युत्पन्न शब्द; मूल रेखा, मूल आकृति, पूर्वग रेखा, पूर्वग आकृति ।

primitive[2] a. आद्य, पूर्व-, प्राक्-, प्रारम्भिक, प्राचीन, आदिकालीन, पुरातन; असभ्य, खूसट, पुरानी चालका; असंस्कृत, घटिया, सादा, भोंडा, अनगढ़; मूल, मौलिक (~ *colours* लाल, पीला, नीला); (व्या०) मूल,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अव्युत्पन्न; (गणित, रेखा, आकृति आदि) पूर्वग; आद्यज, पूर्वज ।

primitiveness n. प्राचीनता, पुरातनत्व, पुरानापन; संस्कृतता; सादापन, भोंडापन; मूलता, मौलिकता ।

primitivism n. अतीतवाद, भूतवाद, प्राचीनतावाद ।

primness n. औपचारिकता, बनावट, तकल्लुफ़ ।

primogenial a. = PRIMIGENIAL.

primogenital, primogenitary aa. ज्येष्ठता-विषयक, अग्रजत्व-सम्बन्धी, ज्येष्ठांश-सम्बन्धी ।

primogenitive a. प्रथमजन्मा ।

primogenitor n. आद्य पूर्वज, प्रथम पूर्वज, आदिपुरुष, प्रथमपुरुष, कुलपुरुष, पूर्वपुरुष; (शिथिलतः) पूर्वज, पुरखा, बापदादा ।

primogeniture n. वयोज्येष्ठता, अग्रजन्मता, अग्रजत्व, ज्येष्ठता, जेठाई; अग्रजाधिकार, ज्येष्ठाधिकार, ज्येष्ठांश ।

primordial a. आद्य, आदि, आदिकालिक, प्रथम; मूल, मौलिक, मूलभूत, बीजभूत; आदिजात ।

primordiality n. आद्यता, प्राथमिकता, आदित्व, प्रथमता; मूलता, मौलिकता, मूलभूतता ।

primordium n. मूल कारण, मूलस्रोत, मौलिक उद्गम; उत्स, आरम्भ, प्रारम्भिक दृश्यमान रूप ।

primrose n. पीतसेवती, वसन्ती गुलाब, वसन्ती गुलाब-का फूल; ~ path विलास, आनन्द, सुख ।

primrosy a. पीतसेवीय, वसन्ती गुलाबका-सा, वसन्ती गुलाबके रंगका ।

primula n. पीतसेवी-प्रजाति, प्रिमुला ।

primus[1] n. (स्का० गिर्जेका) प्रधान पादरी ।

primus[2] n. प्राइमस स्टोव ।

primus[3] a. प्रथम, पहिले क्रमका, पहला (जैसे, *Jones* ~ प्रायः *Jones I* लिखा जाता है) ।

prince n. प्रभु, शासक, राजा, अधीश्वर, सम्राट्; राजन्य, राजवंशी, राजपुत्र; सामन्त, रईस, सरदार, सूबेदार, जागीरदार; राजकुमार, युवराज, शाहजादा; (रोमन कैथालिक गिर्जाघरके धर्माध्यक्षका पद) प्रिंस; (ला०) श्रेष्ठ, अग्रणी, शिरोमणि, प्रमुख, मुकुटमणि, सरताज; P~ Albert ⊙ फ्राक कोट; ~ of peace यीशु, ईसामसीह; ~ royal युवराज; ~'s-feather कलँगी पौधा; ~'s metal पीतल ।

princedom n. राज्य, राष्ट्र, रियासत, राजन्य-पद; राजकुमार-पद, युवराज-पद ।

princekin, princelet nn. छोटा-मोटा राजकुमार ।

princelike a. नृपोपम, राजोचित, राजन्योचित, युवराजोचित, राजकुमारोचित, राजसदृश, राजकीय; ऐश्वर्यवान्, वैभवशाली ।

princeliness n. ऐश्वर्य, वैभव, राज्यश्री, प्रताप, ठाट-बाट, शान ।

princeling n. राजन्यक, कुमार ।

princely a. राजसी, ऐश्वर्यशाली, वैभवशाली, प्रतापशाली, ठाठ-बाटका, शानदार; (दे०) PRINCELIKE.

princess n. (प्रा०) राज्ञी, सम्राज्ञी, रानी, राजमहिषी, महारानी, मलिका; राजवधू, राजकुमारकी पत्नी; नृपसुता, राजकन्या, राजपुत्री, राजकुमारी. शाहजादी; ~ royal (इंग्लैण्डकी) ज्येष्ठ राजकुमारी (की उपाधि) ।

principal[1] n. मुख्य, प्रधान, मुखिया; अधिपति; अध्यक्ष; प्रधानाचार्य, प्रिंसिपल; नेता, नायक; स्वामी, मालिक, (*I must consult my* ~); मुख्य अपराधी; मूल ऋणी, असली कर्जदार; द्वन्द्वयोद्धा; धन्नी, धरन, शहतीर; मूलधन, पूँजी ।

principal[2] a. मुख्य, प्रमुख, प्रथम, परम, प्रधान; मूल, वास्तविक, खास, असल;

~ axis, ~ challenge, ~ clause, ~ court, ~ debtor, ~ duties, ~ food, ~ function, ~ money, ~ office, ~ operation, ~ parts, ~ point, ~ reaction, ~ section, ~ sentence, ~ sum, ~ term, ~ yield.

principality n. शासन, आधिपत्य, हुकूमत; मण्डल, राज्य, प्रदेश, रियासत; सामन्तराज्य; (बहुव०) देवदूतोंका प्रथमक्रम ।

principally adv. मुख्यतः, प्रधानतः, मुख्यतया, प्रधानतया, विशेषतया ।

principalness n. प्रामुख्य, प्राधान्य, प्रमुखता, प्रधानता, मुख्यता ।

principalship n. प्रधानाचार्यका पद, प्रिंसिपली ।

principate n. (रोमन इति०) साम्राज्य, अधिराज्य; सामन्तशासन, सामन्तराज्य; राज्य, रजवाड़ा, रियासत ।

principia n. pl. प्रथम सिद्धान्त, प्राथमिक सिद्धान्त, आरम्भिक सिद्धान्त, प्रारम्भिक सिद्धान्त, मूल सिद्धान्त, मौलिक आधार ।

principle n. तत्त्व, सूत्र, नियम, सिद्धान्त, सार, बीज; मूलतत्त्व, मूलस्रोत; मूल, कारण, हेतु; (भौति०) प्रनियम, विधि, व्यवस्था, रीति, मर्यादा, पद्धति, प्रणाली; (बहुव०, समूह एक०) सत्याचरण या सदाचार-सम्बन्धी व्यक्तिगत मात्रा; धर्म, स्वभाव, सत्यनिष्ठा; first ~s मूल-सिद्धान्त, *in* ~ सिद्धान्तरूपमें; *on* ~ सिद्धान्ततः, सिद्धान्तोंके कारण, सिद्धान्तके लिए ।

principled a. सिद्धान्तमण्डित, सिद्धान्तयुक्त, सिद्धान्ती, सिद्धान्तवादी, सिद्धान्तधारी ।

prink v.t. & i. (स्वयंको) विभूषित करना, वस्त्राभरित करना, सजाना, सिंगारना, सँवारना, छैला बनाना; सजना, सँवरना, छैला बनना, बनाव-ठनाव करना, अकड़ना; (पक्षीके पंख) सँवारना, काढ़ना, झँछना ।

prinker n. आत्म-विभूषक, आत्मवस्त्राभर्ता, अपनेको सजानेवाला, स्वयंको सिंगारनेवाला, छैला बननेवाला; विभूषयिता, सजानेवाला, सँवारनेवाला ।

print[1]* n. चिह्न, अंक, छाप, ठप्पा, मोहर, निशान; छींट; मुद्रण, छपाई*; मुद्रणाक्षर (जैसे, *large, small, clear,* ~); (विशे०, अमरीकामें) मुद्रित प्रकाशन (विशे०, समाचार-पत्र); (चित्रफलक या ठप्पेसे उतारा हुआ) चित्र, बेलबूटा; (फोटो) छाया-चित्र, प्रिण्ट;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(अक्सी प्लेटसे) उतारा गया चित्र; foot~ पदचिह्न; ~-seller मुद्र-विक्रेता; उत्कीर्ण वस्तुओंका व्यवसायी; ~-works सूती कपड़ोंकी छपाईका कारखाना; *book is in* ~ ग्रन्थ मुद्रित है, बाजारमें लभ्य है, पुस्तक छपी हुई है; *out of* ~ छाप-बाहर, अप्राप्य।

print[2]* v.t. चिह्न लगाना, छापा लगाना, ठाप लगाना, निशान लगाना, मुहर लगाना; मुद्रांकन करना, छपाई करना, छापना*; (ला०) अमिट चिह्न बनाना, प्रभावित करना, छाप लगाना; मुद्रित कराना, मुद्रण कराना, छपाना; मुद्राभिव्यक्त करना, छपे हुए रूपमें प्रकट करना; ढालना; छींट बनाना; (छायाचित्रण-फलक द्वारा) चित्र उतारना, प्रिण्ट लेना।

printable a. मुद्रणीय, छपाईके योग्य; प्रकाशनीय; छींट बनानेके उपयुक्त; छायाचित्रणके योग्य।

printed a. मुद्रित, यन्त्रमुद्रित, मुद्रांकित, छापा हुआ (~ *form, report*)।

printer n. मुद्रक, मुद्रण-व्यवसायी, छापाकार; मुद्रण यन्त्र, छपाईकी कल।

printery ⊙ n. मुद्रण-कार्यालय।

printing n. मुद्रण, मुद्रांकन, छपाई; ~-press मुद्रण-यन्त्र, छापेकी मशीन;

~ black, ~ blue, ~ branch, ~ brown, ~ charges, ~ frame, ~ green, ~ ink, ~ material, ~ metal, ~ paper, ~ requisition, ~ violet.

printless a. चिह्नरहित, बिना छाप, छापरहित।

prior[1] n. मठाध्यक्ष, मठाधीश, मठाधिपति, आश्रम-प्रमुख, विहारपाल, महन्त, प्रायर; (मठमें) उपमहन्त, सहायक मठाधीश।

prior[2] a. पूर्व, आद्य, अग्र, प्रथम, आदिम, प्राग्वर्ती, पूर्वगामी, पूर्ववर्ती, पहला; गुरुतर; प्रधान, मुख्य।

prior[3] adv. पूर्वतः, आद्यतः, अग्रतः, प्रथमतः (~ *to his appointment*)।

priorate, priorship nn. मठ, संघ; मठाधीश-पद, प्रायरका पद।

prioress n. मठाध्यक्षा, महन्तिन।

priority n. पूर्वता, आद्यता, अग्रता, प्राथमिकता, प्रथमता, आदिमता, प्राग्वर्तिता, पूर्ववर्तिता; अग्राधिकार, पूर्वाधिकार, श्रेष्ठता, प्राधान्य; first, top, ~ सर्वप्राथम्य।

priorship n. दे० PRIORATE.

priory n. मठ, संघ, कुल, आश्रम, मन्दिर, विहार।

prisage n. (इति०) मद्य शुल्क, मद्य-कर, प्राइसेज, शराबपर टैक्स।

prise = PRIZE[6].

prism n. संक्षेत्र, समपार्श्व, त्रिपार्श्व, काचपार्श्व, छेदित घन-क्षेत्र; त्रिपार्श्वकाच; (शिथिलतः) वर्णानुक्रम; (बहुव०) सप्तवर्ण, इन्द्रधनुषका रंग।

prismal a. समपार्श्विक, समभिपार्श्विक, संक्षेत्रीय, काचायत-विषयक।

prismatic, -al aa. सांक्षेत्रिक, समपार्श्विक, समभिपार्श्विक, काचायत-विषयक, प्रिज्मीय (~ *cell, system*); (रंग) प्रखर, तीव्र, तेज, गहरा; ~ compass संक्षेत्रीय दिक्सूचक, समपार्श्विक दिक्सूचक, प्रिज्मेटिक कम्पास।

prismatoid a. संक्षेत्र, संपार्श्वाभास, प्रिज्मेट्वायड।

prismatoidal a. संक्षेत्रीय, संपार्श्व-विषयक, प्रिज्मेट्वायड-सम्बन्धी।

prismoid n. संक्षेत्राभ, समपार्श्व-सदृश।

prismoidal a. संक्षेत्राभीय, संक्षेत्राभ-सम्बन्धी (~ *formula*)।

prismy a. संक्षेत्रीय, समपार्श्विक।

prison[1]* n. कारा, कारावास, कारागार, बन्दीगृह, कैदखाना, जेलखाना*, हवालात; संसीमन, परिसीमन, परिरोध, बन्धन, अभिरक्षा, विनिबन्धन, हिरासत, कैद*; ~-breaker कारा-भेदी, जेलका भगोड़ा, फरार; ~-breaking काराभेदन, (बन्दीगृहसे) फरार हो जाना; ~-house कारागृह, कारागार, बन्दीगृह; ~ van कैदी-गाड़ी;

~ bounds, ~ breach, ~ cloth, ~ contract, ~ fever ~ kit, ~ offence, ~ subordinates.

prison[2] v.t. बन्दी करना, कारागारमें डालना, जेलमें डालना, बन्द करना, कैद करना।

prisoner n. बन्दी, कारावासी, कैदी, बँधुवा; ~ of State राजबन्दी, राजनीतिक कैदी।

pristine a. मूल, आद्य, आदिम, प्रारम्भिक, पूर्व, प्राक्तन, पूर्वकालीन, पुरातन, प्राचीन, पुराना।

prithee int. कृपया, कृपा करके, मेहरबानीसे (जैसे, *tell* ~)।

prittle-prattle n. निःसार आलाप, बक-बक, झक-झक, चिख-चिख।

privacy n. विविक्तवास, अन्तरंग, एकान्त, एकान्तवास (*lived in absolute* ~); विविक्तता, गोपनीयता, गुप्तता, रहस्य, प्रच्छन्नता, परदा, ओट, दुराव, छिपाव; निर्जन स्थान, एकान्त स्थान।

private[1] n. सामान्य सैनिक; (बहुव०) उपस्थ, गुप्तांग, गुह्यांग।

private[2]* a. (व्यक्ति) अशासकीय, शासनेतर, गैर-सरकारी (~ *member*); गुप्त*, गूढ़, प्रच्छन्न, अन्तरंग, अव्यक्त, अप्रकट, भेदभरा (~ *conversation*); अलोक, अलोकसामान्य, असार्वजनिक; व्यक्तिगत, वैयक्तिक, स्वकीय, आत्मीय, निजी, अपना*; सविश्रम्भ, विश्वस्त; एकान्त, निर्जन, विजन, सुनसान; (प्रायः) एकान्तवासी, एकान्तप्रिय; ~ house निजी गृह, वैयक्तिक आवास; ~ parts उपस्थ, गुप्तांग, गुह्यांग (योनि, लिंग आदि); ~ school निजी विद्यालय, असार्वजनिक स्कूल, गैरसरकारी स्कूल; *in* ~ एकान्तमें, अकेलेमें, व्यक्तिगत रूपसे, अन्तरंग जीवनमें;

~ account, ~ act, ~ adjustment, ~ affairs, ~ agreement, ~ bill, ~ business, ~ candidate, ~ capacity, ~ carrier, ~

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

case, ~ charity, ~ concern, ~ debt, ~ estate, ~ gain, ~ good, ~ life, ~ merchandise, ~ party, ~ practice, ~ residence, ~ road, ~ secretary, ~ trade, ~ works.

privateer n. दस्यु-पोत, अशासकीय दस्यु पोत, लुटेरोंका जहाज, प्राइवेटीयर; दस्युपोत-महाबलाधिकृत, स्वयं-सैनिक, प्राइवेटीयर-कमाण्डर; (pl.) उक्त पोतका खलासी।

privateering n. (प्राइवेटीयर द्वारा) शत्रुपोतका विनाश।

privateersman n. दस्युपोताधिकारी, दस्युपोत-महाबलाधिकृत, प्राइवेटीयर-कमाण्डर।

privateness n. गुप्तता, गूढ़ता, अव्यक्तता, अप्रकटता, रहस्यमयता; अलोकता, अलोकसामान्यता, असार्वजनिकता, वैयक्तिकता, आत्मीयता, निजीपन; एकान्तता, विजनता, सुनसान; एकान्तवासित्व, एकान्तप्रियता।

privation n. क्षय, हानि, नाश, लोप, राहित्य, अभाव (*cold is the ~ of heat*); दरिद्रता, कमी, तंगी, कंगाली; कष्ट, विपत्ति, असुविधा, तकलीफ।

privative a. अभावात्मक, अभावोत्पन्न, अभावरूप, क्षयजन्य, लोपजन्य, हानिकृत; अनस्तित्ववाची; वैकल्यवाची, नकारात्मक; क्षयकर, हानिकर।

privet n. शोभावृत्ति, (बाड़ा बनानेकी एक झाड़ी-विशेष)।

privilege[1] n. स्वत्व, प्राधिकार, स्वाधिकार, असामान्याधिकार, विशेषाधिकार; विशेष कृपा, विशेष सुविधा, विशेष लाभ, रियायत; एकस्व, एकाधिपत्य, एकाधिकार; writ of ~ विशेषाधिकार-समादेश।

privilege[2] v.t. अनुज्ञा देना, विशेषाधिकार देना, विशेष सुविधा देना, रियायत करना; विमुक्ति देना, विमुक्त करना, छूट देना, बरी करना, रिहा करना, माफ करना।

privileged a. अधिकारविशिष्ट, विशेषाधिकारी, विशेषाधिकृत, विशेष सुविधा प्राप्त।

privity n. (कानून) संसर्ग, सहसम्बन्ध, एकात्मकता; रक्तसम्बन्ध; व्यापार-सहसम्बन्ध, सेवा-सहसम्बन्ध, साझेदारी; सहज्ञान, सहवेदना, समवेदना; मर्मज्ञता, जानकारी; गुप्त स्थान, गुप्त इन्द्रिय।

privy[1] n. (प्रा०) मलकुण्ड, शौचालय, सण्डास, टट्टी, पाखाना; सहकर्मी, सहभागी, सहपन्थी, सहव्रत, सहयायी, सहायक।

privy[2] a. विविक्त, गूढ़, गुप्त, प्रच्छन्न, अन्तरंग, रहस्यपूर्ण, पोशीदा; निजी, अपना; (*~ to*) संसर्गी, सहज्ञानी, सहायक, सहकारी; मर्मज्ञ, सहमर्मी; P~ Council संवित् परिषद्, अन्तःपरिषद्, प्रिवी कौंसिल; ~ councillor, ~ counsellor संवित्पारिषद, अन्तःपारिषद, प्रिवी कौंसिलका सदस्य; ~ parts गुप्तांग, गूढेन्द्रिय, गुह्येन्द्रिय; ~ purse० वैयक्तिक कोष, निजी कोष; निजी कोषपाल, निजी कोषाध्यक्ष; P~ Seal श्रीमुद्रा, राजमुद्रा, सरकारी मुद्रा।

prize[1] n. उपायन, पारितोषिक, पुरस्कार, इनाम; (ला०) काम्य वस्तु, श्रमसाध्य वस्तु; धन, निधि, रत्न, मणि, द्रव्य; (गुण०) पुरस्कृत, पुरस्कारप्राप्त, पुरस्कारार्थी (*~ fellow, ox*); जयलाभ; ~-fight (पुरस्कारार्थ) द्वन्द्वयुद्ध, मल्लयुद्ध, मुष्टियुद्ध, घूँसेबाजी; ~-fighter (पुरस्कारार्थ) द्वन्द्वयोद्धा, मल्लयोद्धा, मुष्टियोद्धा, घूँसेबाज; ~-fighting दे० PRIZE fight; ~-ring घूँसेबाजीका बाड़ा, अखाड़ा; घूँसेबाजीकी प्रतियोगिता; ~ appointment, ~ bond, ~ bond circular, ~ bond section, ~ book, ~ chit, ~ chit fund, ~ fund, ~ goods, ~ law, ~ telegram.

prize[3] v.t. अतिमूल्यवान् समझना, बहुमूल्य मानना; वरेण्य समझना, वरीय समझना, आदर करना।

prize[3] n. युद्धजित धन या द्रव्य, युद्धलुण्ठित नौसामग्री; ~ court युद्धलुण्ठित नौसामग्रीका न्यायालय; ~ money युद्धलुण्ठित नौसामग्रीके विक्रयसे प्राप्त धन; *make ~ of* (पोत आदिको) युद्धबन्दी बनाना, हथियाना, गिरफ्तार करना।

prize[4] v.t. (नौसामग्री आदिको) लुण्ठित करना, मार लेना; युद्धबन्दी बनाना।

prize[5] n. उद्याम-प्रयोग, उद्यामन-क्रिया, टेकनसे काम लेनेका ढंग।

prize[6] v.t. उद्याम या टेकनसे खोलना, रम्भेसे तेजीके साथ उखाड़ना।

prized a. अभीप्सित, इष्ट।

prizeless a. पुरस्कारवंचित, पुरस्कारविहीन, पारितोषिकरहित।

proa n. (मलयदेशीय नौका) डोंगी, प्रौ।

pro and con[1] n. (pl. *-s and -s*) विधि-निषेध, पक्ष तथा विपक्ष, पक्ष-विपक्ष-तर्क।

pro and con[2] adv. पक्ष तथा विपक्षमें, दोनों ही पक्षोंसे।

probabiliorism n. (धर्म०) प्रबलपक्षवाद; शक्यवाद, सम्भाव्यवाद, सम्भावनावाद।

probabiliorist n. प्रबलपक्षवादी; सम्भावनावादी।

probabilism n. यथेच्छवाद, आत्मज्ञानवाद, सम्भवतर्कवाद, सम्भाव्यतावाद।

probabilist n. यथेच्छवादी, यथासम्भववादी, सम्भवतर्कवादी।

probability n. प्रायिकता, सम्भाविता, शक्यता, अनुमान, सम्भाव्यता; सर्वाधिक सम्भव बात; (गणित) सम्भाविकी।

probable[1] n. सम्भाव्य प्रत्याशी या सदस्य, सम्भाव्य घटना।

probable[2]* a. सम्भव, सम्भावी, सम्भाव्य*, शक्य, संघटनीय, आनुमानिक, अटकली, होनेवाला (जैसे, *~ evidence, requirements*)।

probably adv. प्रायः, प्रायशः, सम्भवतः, स्यात्, कदाचित्, यथासम्भवरूपसे।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

probate n. संप्रमाण, अधिप्रमाण; मृतलेख-प्रमाण, इच्छापत्र-प्रमाण; प्रमाणित इच्छापत्र।

probation n. परीक्षा, परिवीक्षा, परीक्षण, परख, जाँच; नैतिक परीक्षा या अनुशासन; परिवीक्षा-मुक्ति, परीक्षोत्तर-मुक्ति; परीक्षणकाल; on ~ परीक्ष्यमाण।

probational a. परिवीक्षाधीन, परीक्षाधीन।

probationary a. परिवीक्ष्य, परीक्ष्यमाण, परीक्षाधीन (~ *officer*); ~ period परिवीक्षावधि।

probationer n. परीक्ष्यमाण या परिवीक्ष्यमाण व्यक्ति, परीक्षाधीन या परिवीक्षाधीन व्यक्ति; अभ्यर्थी, प्रत्याशी, उम्मीदवार, नवाभ्यासी, नौसिखिया; परिवीक्षाधीन अभियुक्त।

probationership n. परीक्ष्यमाणत्व, परिवीक्ष्यमाणता, परीक्षाधीनता, परिवीक्षाधीनता।

probative a. सम्प्रमाणक, प्रमाणदाता, प्रमाणस्वरूप, प्रमाणकारी, साक्ष्यस्वरूप।

probe[1] n. क्षत-शलाका, एषणी, (घावकी) गहराई जाँचनेकी सलाई; (ला०) परीक्षण, अनुसन्धान, जाँच, खोज।

probe[2] v.t. शलाका-परीक्षण करना, सलाईसे घावकी गहराई जाँचना; (किसी वस्तुमें तीक्ष्ण यन्त्र) चुभोना, घुसेड़ना; (ला०) सूक्ष्म परीक्षण करना, निपुणताके साथ जाँच-पड़ताल करना, आलोचना करना; अन्वीक्षण करना, खोज लगाना, छान-बीन करना, तलाश करना।

probity n. ऋजुता, सत्यता, धर्मिष्ठता, न्यायिता, साधुता, सचाई, ईमानदारी।

problem n. प्रश्न, समस्या, सन्दिग्ध प्रश्न, विवाद विषय, धर्मसंकट, उलझन; (रेखा०) निर्मेय; (शतरंज) मोहरोंका व्यूह; ~ child (माता-पिता आदिके लिए) समस्यात्मक शिशु; ~ play, novel समस्या-नाटक, समस्या उपन्यास।

problematic, -al aa. सन्दिग्ध, वैकल्पिक, अनिश्चित, समस्यात्मक, समस्यापूर्ण (*the whole question is* ~); (तर्क०) शक्यतावाची।

problemist, -atist nn. समस्यापूरक, समस्याओंको सुलझानेवाला; (शतरंज) व्यूहको भेदनेवाला, नक्शेको हल करनेवाला।

proboscidean, -ian १. aa. शुण्डी, शुण्डायुक्त, सूँड़धारी; शुण्डीय, सूँड़-सदृश, सूँड़का; २. nn. शुण्डी या शुण्डि-प्रजाति, लम्बी नाकवाला बन्दर।

proboscidiferous a. शुण्डी, सूँड़धारी; शुण्डवत्, सूँड़-जैसा।

proboscidiform a. शुण्डाकार, सूँड़के आकारका।

proboscis n. शुण्डा, सूँड़; नासावृद्धि, नाक बढ़ना; ओष्ठवृद्धि, होठ बढ़ना।

procacious a. निर्लज्ज, धृष्ट, ढीठ, गुस्ताख।

procedural a. प्रक्रियात्मक, क्रियाविधि-विषयक, कार्यपद्धतिसे सम्बन्धित; ~ ground प्रक्रिया-आधार।

procedure n. क्रिया, कार्यवाही; आचार, व्यवहार; प्रक्रिया; प्रवृत्ति, प्रस्थान, प्रगमन; कार्यपद्धति, कार्यप्रणाली, कार्यनीति, विधान, रीति, कार्यविधि, क्रियाविधि; व्यवहार-विधि (*civil* ~); criminal ~ दण्डविधि।

proceed v. i. प्रगमन करना, पुरोगमन करना, प्रयाण करना, प्रस्थान करना, आगे बढ़ना, चलना; मार्ग अपनाना, रास्ता पकड़ना, ढर्रा पकड़ना; (किसीके विरुद्ध) वैधानिक कार्यवाही करना, दावा करना (*with* के साथ); आगे कहना, कहना जारी रखना; (कार्यका) प्रारम्भ होना, चालू होना; निःसृत होना, उत्पन्न होना, उपजना, जन्म लेना, पैदा होना, निकलना (*from* के साथ)।

proceeding १. n. प्रगमन, पुरोगमन, प्रयाण, अग्रसरण, पुरस्सरण; अनुष्ठान, आचरण, व्यवहार; कार्यवाही (जैसे, *legal* ~*s*); २. a. उत्पन्न, उद्भूत, उत्थित;

~s abstracts, ~s closed, ~s sheet, ~s number, ~s volume.

proceeds n. (pl.) आगम, आय, लाभ, आमदनी; फल, उपज, परिणाम।

proceleusmatic १. a. प्रचोदक, प्रणोदक, प्रेरक, उत्प्रेरक, प्रोत्साहक, उत्तेजक, प्रोत्तेजक, बढ़ावा देनेवाला; २. n. (छन्दशास्त्र) चतुष्पदी।

procephalic a. शिराग्र-, शिराग्र-विषयक, शिराग्र-सम्बन्धी।

procerity n. उदग्रता, उत्तुंगता, ऊँचाई, लम्बाई।

process[1]* n. गति, प्रक्रिया*, प्रक्रम, प्रगति, बढ़ती, बढ़ोतरी; कार्यवाही, क्रियाविधि, गतिविधि; (छायाचित्रण आदिमें) यन्त्रोंकी प्रक्रिया; प्राकृतिक प्रवर्तन, प्रयत्नसाध्य प्रवर्तन; परिवर्तन-क्रम; पद्धति, परिपाटी, विधि, रीति*; ब्लाक बनानेका ढंग; वैधानिक या कानूनी कार्यवाही; आह्वानपत्र, समादेशपत्र, आदेशिका; (श० र० शा०, जन्तुवि०, वन०) प्रवर्ध, प्ररोह, स्फीति, शोथ, सूजन; *in* ~ *of time* समयकी प्रगतिके साथ;

~ cost, ~-fee, ~ register, ~-server, ~-serving establishment, ~-serving staff, ~-writer.

process[2] v.t. अभियोग चलाना, मुकदमा दायर करना; (किसी वस्तु आदिको) प्रक्रियापूर्वक व्यवहारमें लाना; पण्योपयोगी बनाना; (चित्रकारी इत्यादिमें) प्रक्रिया द्वारा आलेखन करना।

process[3] v.t. शोभायात्रामें चलना, जुलूस निकालना; शोभायात्रा या जुलूसमें निकलना।

processed a. प्रक्रियागत, परिणमित, विधायित (~ *cloth, rice*)।

procession[1] n. यात्रा, संयात्रा, शोभायात्रा, जनयात्रा, लोकयात्रा, सवारी, जुलूस; शोभा-यात्राके व्यक्ति, जुलूसके आदमी; (ला०) जुलूसी घुड़दौड़ (जिसमें वैध ढंगसे प्रतियोगिता न हो); (धर्म०) पवित्रात्मा (*Holy Ghost*) का उद्भव।

procession[2] v. i. & t. शोभायात्रामें चलना, जुलूसमें निकलना; शोभायात्रा निकालना, जुलूस निकालना।

processional[1] n. शोभायात्राके भजन, जुलूसी भजन।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

processional[2] a. यात्रारूप, शोभायात्रा-विषयक, जुलूसका; शोभायात्रोपयोगी; शोभायात्रामें गेय।

processionary a. शोभायात्रा-विषयक, जुलूसका, जुलूसवाला।

processioning n. जुलूसमें जाना; (अमरीका) सीमा-परिक्रमण, दौरा।

processionist n. शोभायात्री, जुलूसमें चलनेवाला।

processionize v. i. शोभायात्रा या जुलूस निकालना।

processive a. = PROCESSIONAL.

prochain a. (कानून) आसन्न, समीपस्थ, समीपतम, निकटस्थ, निकटतम, सबसे करीब।

prochronism n. अनुतिथ्य-दोष, कालक्रम-त्रुटि, ऐतिहासिक घटनाओंके तिथ्यंकनमें भूल।

procidence n. स्थान-भ्रंश, स्थानच्युति।

proclaim[1] n. घोषणा, उद्घोषणा, ढिंढोरा, ऐलान।

proclaim[2] v.t. प्रख्यापन करना, अभिज्ञापन करना, उद्घोषणा करना, घोषणा करना, प्रचार करना, ढिंढोरा पीटना, डुग्गी पीटना, ऐलान करना, मुनादी करना।

proclaimed a. उद्घोषित, प्रचारित।

proclaimer n. प्रख्यापयिता, अभिज्ञाता, घोषयिता, घोषक, उद्घोषयिता, प्रचार करनेवाला, ऐलान करनेवाला, मुनादीवाला।

proclamation n. प्रख्यापन, अभिज्ञापन, घोषणा, घोष, उद्घोषणा, प्रचार, ढिंढोरा, डुग्गी, ऐलान; राज-घोषणा; सरकारी घोषणा।

proclamatory a. प्रख्यापनात्मक, अभिज्ञापनात्मक, घोषणात्मक, उद्घोषणात्मक, प्रचारात्मक।

proclitic a. अस्वतन्त्र, परतन्त्र, दूसरेपर निर्भर।

proclive a. प्रवृत्त, उन्मुख, झुका हुआ।

proclivity n. रुचि, प्रवृत्ति, प्रवणता, अभिरुचि, रुझान, झुकाव; (विशे०) कुप्रवृत्ति, दुष्प्रवृत्ति।

proclivous a. प्रवृत्त, प्रवण, उन्मुख, झुका हुआ।

proconsul n. (रोमन इति०) आनुषदीय प्रान्तका शासक; प्रान्तपति, प्रान्तशासक; उपप्रदूत, प्रोकौंसल।

proconsular a. उपप्रदूत-विषयक; प्रोकौंसली; उपप्रदूत-पद; प्रोकौंसलके अधीन क्षेत्र।

proconsulate n. प्रान्तपति-पद, प्रान्तशासक-पद, प्रोकौंसलका पद; उपप्रदूत-पद।

proconsulship n. उपप्रदूत-पद, प्रोकौंसल-पद।

procrastinate v.t. & i. कालक्षेप करना, व्याक्षिप्त करना, दीर्घसूत्री होना, विलम्ब करना, सुस्ती करना, देर लगाना; (क्र०, कार्य) स्थगित रखना, रोकना, टालना, उठा रखना।

procrastination n. कालक्षेप, व्याक्षेप, दीर्घसूत्रता, विलम्ब, देरी; टाल-मटोल; ~ *is the thief of time* गया वक्त फिर हाथ आता नहीं।

procrastinative, procrastinatory aa. काल-क्षेपयुक्त, व्याक्षेपपूर्ण, दीर्घसूत्रताशील, सविलम्ब; दीर्घसूत्री, विलम्बी।

procrastinator n. कालक्षेपक, व्याक्षेपक, दीर्घसूत्री, विलम्बी, विलम्बप्रिय, देर लगानेवाला, टालनेवाला।

procreant a. जनक, प्रसावक, जनयिता, उत्पादक, प्रजनन करनेवाला, पैदा करनेवाला।

procreate v.t. प्रसव करना, जन्म देना, जनना, उत्पन्न करना, पैदा करना।

procreation n. प्रसव, प्रसूति, प्रजनन, जनन, उत्पत्ति, प्रजोत्पादन, सृष्टि।

procreative a. प्रसवक्षम, प्रसवशील, प्रजननक्षम, उत्पादनक्षम, प्रजननशील।

procreativeness n. प्रसवक्षमता, प्रजननशीलता।

procreator n. उत्पादयिता, विधाता, जनक, पिता जन्मदाता।

procrustean a. हिंसावादी।

proctalgia n. गुदा-शूल, गुदा-पीड़ा।

proctitis n. गुदा-प्रदाह, गुदा-दाह, गुदा-शोथ, गुदाकी सूजन।

proctology n. गुदारोग-विज्ञान।

proctor n. (विश्ववि०) कार्याध्यक्ष, अनुशासनाधिकारी, प्राक्टर; (अब मुख्यतया ईसाई) व्यवस्थापक; (कानून) न्यायालय-व्यवस्थापक; King's, Queen's P~ राज्याधिवक्ता, सरकारी प्रॉक्टर।

proctorage n. कार्याध्यक्ष-व्यवस्था, प्राक्टरका प्रबन्ध।

proctorial a. अनुशासनाधिकारीय, प्राक्टरका।

proctorization n. अनुशासनाधिकारीय दण्ड विधान।

practorize v.t. (किसी पूर्वस्नातकको) अनुशासना-धिकारीके रूपमें दण्ड देना, अनुशासन चलाना।

proctorship n. अनुशासनाधिकारी-पद, प्राक्टर-पद।

procumbent a. शयान, प्रणत, दण्डवत्, धराशायी, साष्टांग प्रणिपात, अधोमुख, औंधेमुँह, मुँहके बल गिरा हुआ, पड़ा हुआ; (बन०) भूसर्पी, बढ़ा हुआ।

procurable a. प्राप्य, उपलभ्य; सम्पाद्य, उपार्जनीय।

procuracy n. अभिकर्तृत्व, प्रतिनिधित्व, एजेण्टी; प्राभिकर्ता-पद, मुख्तारगीरी।

procural, procurance nn. प्राप्ति, उपार्जन, उपलब्धि।

procuration n. प्राप्ति, उपार्जन, उपलब्धि; प्राभिकरण, प्रबन्धाधिकार, मुख्तारी; अधिकार-पत्र, मुख्तारनामा; प्राभिकरण-शुल्क; ऋण-वार्ता; (ऋण दिलानेकी) आढ़त, दस्तूरी; दलाली, कुटनागिरी।

procurator n. (रोमन इति०) कोषाधिकारी, अफसर खजाना; अभिकर्ता, प्राभिकर्ता, प्रतिनिधि, कारिन्दा, मुख्तार, मुआश्ता; (इटलीके कुछ नगरोंमें) दण्डाधिकारी, मजिस्ट्रेट; ~ fiscal (स्काटलैण्डका) राजकीय अभि-योक्ता, सरकारी वकील।

procuratorial a. प्राभिकरणिक, अभिकर्ता-विषयक, प्रतिनिधि-सम्बन्धी, मुख्तारका, मुख्तारी।

procuratorship n. प्राभिकर्तृत्व, अभिकर्ता-व्यवसाय, मुख्तारी, कारिन्दागीरी।

procuratory n. प्राभिकरण, अधिकार-प्रदान, मुख्तारी;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

२. a. प्राभिकरणीय; letters of ~ प्राभिकरण पत्र, अधिकार-पत्र, मुख्तार-नामा।

procuratrix n. (रोमन इति०) कोषाधिकारिणी, खजानेकी अफसर; अभिकर्त्री, प्राभिकर्त्री, स्त्री प्रतिनिधि, औरत कारिन्दा, औरत मुख्तार; दण्डाधिकारिणी, औरत मजिस्ट्रेट।

procure v.t. & i. प्राप्त करना, उपार्जन करना, उपलब्ध करना; सम्पादन करना, पाना; प्रबन्ध करना, खोज लाना, ढूँढ़ लाना; (प्रा०) अस्तित्वमें लाना; संघटित करना (जैसे, *~ed his death by poison*); विकट कर्म करना; दूतिकाका कार्य करना; कुटनापा करना, कुटनागीरी करना, दलाली करना।

procurement n. प्राप्ति, उपलब्धि, सम्पादन, उपार्जन, समाहार, वसूली (विशे० अन्नकी)।

procurer n. प्रापक, प्रापयिता, समाहर्ता, उपार्जक; अन्वेषक; संचारक, भँड़ुआ, विट, कुटना; संचारिका, कुटनी, दलाल औरत।

procuress n. दूती, दूतिका, संचारिका, कुटनी।

prod[1] n. चुभन, कचोका, टीस, ठेस; अनी, शूल, शंकु, अंकुश, सुआ, सूजा, खोदनी।

prod[2] v.t. & i. चुभोना, भोंकना, कोंचना, गड़ाना, ठेस देना; (ला०) कष्ट देना, दिक करना, छेड़ना, सताना।

prodder n. चुभोनेवाला, भोंकनेवाला, कोंचनेवाला, गड़ानेवाला, ठेस लगानेवाला; (ला०) कष्ट देनेवाला; दिक करनेवाला, छेड़नेवाला, सतानेवाला।

prodelision n. स्वर-संहार, स्वर-वियोजन, स्वर-लोप (जैसे '*I am*' मेंसे *a* निकालकर *I'm*)।

prodigal a. & n. अपव्ययी (व्यक्ति), अतिव्ययी (पुरुष), बहुव्ययी (मनुष्य), अमितव्ययी, (धन) उड़ाऊ, बहाऊ, फिजूलखर्च; मुक्तहस्त, अति उदार; ~ son प्रायश्चित्तकर्ता पापी, लौटा हुआ घुमक्कड़।

prodigalism n. अपव्ययिता, अपव्यय, अतिव्यय, अपव्ययी जीवन, अपव्ययवाद।

prodigality n. अपव्ययिता, अपव्यय, अतिव्यय, बहुव्यय, फिजूलखर्ची, लुटाऊपन, बहाऊपन, उड़ाऊपन।

prodigalize v.t. अपव्यय करना, अतिव्यय करना, मुक्तहस्तसे व्यय करना, धन लुटाना, फिजूलखर्ची करना।

prodigious a. अद्भुत, अपूर्व, अलौकिक, आश्चर्यजनक, विलक्षण, विचित्र, अजीब, अनोखा; विशाल, महाप्राण, वृहदाकार, महान्, बड़ा, जबरदस्त; तीव्र, विकट; अस्वाभाविक, असाधारण।

prodigiousness n. अद्भुतता, अपूर्वता, अलौकिकता, आश्चर्यजनकता, विलक्षणता; विशालता, महाप्राणता, वृहदाकारता, महानता; तीव्रता, विकटता; अस्वाभाविकता, असाधारणता।

prodigy n. कौतुक, उत्पात, विलक्षण घटना; अद्भुत प्राणी; अद्भुत विषय, अपूर्व वस्तु; (गुणका) विलक्षण प्रतिरूप, आश्चर्यजनक नमूना; विलक्षण पुरुष, विदग्ध या असामान्य प्रतिभाका व्यक्ति; अद्भुत शक्ति।

prodition n. विश्वासघात, छल, कपट, द्रोह; देशद्रोह, राजद्रोह, बगावत, देशको धोखा देना।

prodrome n. आमुख, प्राक्कथन, भूमिका, दो शब्द; (नाटकमें) प्रस्तावना; (चिकित्सा०) आरम्भिक लक्षण, प्रारम्भिक लक्षण, प्राथमिक लक्षण।

prodromic a. प्रारम्भिक, प्राथमिक; प्राथमिक लक्षण-युक्त।

prodromus n. प्राथमिक ग्रन्थ, आरम्भिक ग्रन्थ, प्रारम्भिक रचना।

produce[1] n. उत्पाद, उत्पादन, उपज, उत्पत्ति, पैदावार; आय, प्राप्ति; अर्जन, उपार्जन, कमाई (*~ of his labours*); युद्ध-सामग्रीके अवशेष; *brought to ~* विक्रयार्थ छाँट-छाँट कर रखा हुआ।

produce[2]* v.t. समक्ष रखना, उपस्थित करना, प्रस्तुत करना, पेश करना, आगे लाना, देना; प्रकाशित करना, प्रदर्शित करना, दिखाना; (रेखा या भुजाको किसी बिन्दु तक) बढ़ाना; निर्माण करना, निर्मित करना, गढ़ना; फैलाना, मचाना, मचा देना; उत्पादन करना, उत्पन्न करना, पैदा करना*; प्रजनन करना, जनना, जन्म देना, ब्याना।

produced a. उत्पन्न, उत्पादित, उद्भूत।

producer n. समक्षक, प्रस्तोता, उपस्थापक; सर्जक, उत्पादक; (चलचित्र) निर्माता; ~ gas सर्जक वाति, सर्जक गैस, उत्पादक गैस, प्रोड्यूसर गैस।

producibility n. प्रस्तुत्यता, उपस्थेयता, उत्पाद्यता, उत्पादक शक्ति।

producible a. प्रस्तुत्य, उपस्थेय, प्रदर्श्य, समक्ष लाने योग्य, पेश करने योग्य; उत्पाद्य, उत्पादनीय, उत्पादन योग्य।

product n. उत्पत्ति, उपज, उत्पादन, पैदावार; निर्मित वस्तु; उत्पाद, लाभ, श्रमफल; (गणित) गुणनफल, उत्तरफल; (रसा०) फल, मिश्रण-फल।

productile a. आस्तरणीय, विस्तरणीय, वितन्य, फैलाने योग्य, विस्तृत करने योग्य।

production n. उत्पाद, उत्पत्ति, उद्भव, जन्म, उत्पादन, पैदावार; उपस्थापन, प्रस्तुतीकरण; सृष्टि, सृजन, निष्पादन, रचना, निर्माण, कलाकृति; प्रस्तुति; निर्मित वस्तु;

~ branch, ~ committee, ~ cost, ~ engineer, ~ foreman.

productional a. उत्पादीय, उत्पादनीय, उत्पादन-विषयक, उपज-सम्बन्धी; उपस्थापनीय, प्रस्तुतीकरण-विषयक; सृष्टि-विषयक, सृजन-सम्बन्धी, रचना-सम्बन्धी, निर्माण-सम्बन्धी, कलाकृति-सम्बन्धी।

productive a. उत्पादी, उत्पादक, उत्पादनशील, उत्पादनकारी, पैदा करनेवाला (*~ capacity, unit*); उर्वर, उपजाऊ (*~ land*)।

productiveness, productivity nn. उत्पादिता; उत्पादनक्षमता, उर्वरता, उपजाऊपन।

proem n. अथवाद, अवतरिणका, प्रस्तावना, प्राक्कथन,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

भूमिका ।

proemial a. अथवादीय, प्रास्ताविक, भूमिकात्मक, प्राक्कथनात्मक ।

proemptosis n. अधिदिवस-वर्द्धन, पंचांग-शुद्धिमें एक दिनकी बढ़ोतरी ।

profanation n. अपवित्रीकरण, दूषण, भ्रंशन; अवज्ञा, अवहेला, अवमानना, असम्मान, धृष्टता, बेअदबी ।

profane[1] v.t. दूषित करना, भ्रष्ट करना, अशुद्ध करना, अपवित्र करना, कलुषित करना, गन्दा करना, बिगाड़ना, खराब करना; अवज्ञा करना, अवहेला करना, अवमानना करना, असम्मान करना; धृष्टता करना, बेअदबी करना ।

profane[2] a. पार्थिव, प्रापंचिक, लौकिक, सांसारिक, दुनियावी; अपुण्य, अशुद्ध, अपवित्र, धर्मभ्रष्ट, धर्मबाह्य, भ्रष्ट, अपावन; बर्बर, असभ्य; धर्मनिन्दक, ईश्वरनिन्दक, भक्तिशून्य, नास्तिक ।

profaneness, profanity nn. पार्थिवता, लौकिकता, सांसारिकता; अपुण्यता, अपवित्रता, अशुद्धि, धर्मभ्रष्टता, धर्मबाह्यता, असंस्कृतता, आचारभ्रष्टता; बर्बरता, असभ्यता; धर्मनिन्दा, ईश्वरनिन्दा; बेअदबी ।

profaner n. दूषक, भ्रष्टकर्ता, अशुद्धकर्ता, अपवित्र करनेवाला, भण्डासराध करनेवाला, गन्दा करनेवाला, खराब करनेवाला; अवज्ञाकारी, अवमाता, असम्माता, अपमान करनेवाला; धृष्टता करनेवाला, बेअदबी करनेवाला ।

profectitious a. पैतृक, वंशागत, वंशानुगत, बपौती ।

profess v.t. & i. दम्भ करना, गर्वोक्ति करना, दम भरना, डींग हाँकना, शेखी बघारना, दावा करना; ख्यापन करना, ज्ञापन करना, प्रकाशन करना, प्रदर्शन करना *(they ~ extreme regret)*; घोषणा करना, प्रचार करना, खुलेआम कहना; स्वीकार करना, अंगीकार करना, मानना; (धर्म आदिमें) आस्था प्रकट करना, विश्वास प्रकट करना; वृत्ति अपनाना, पेशा अख्तियार करना; प्राध्यापन करना, पढ़ाना, प्रोफेसरी करना ।

professed a. स्वज्ञापित, स्वीकृत, अंगीकृत, आत्मज्ञापित; ख्यात, प्रसिद्ध, प्रकट, सुप्रकाशित, तथाकथित; दम्भी, आत्मज्ञापक; ~ monk, nun व्रतधारी संन्यासी या संन्यासिनी ।

profession n. उक्ति, वचन, स्पष्टोक्ति, प्रकाशोक्ति, प्रकाशवचन; घोषणा, ज्ञापन, ख्यापन; अंगीकार, स्वीकार, मान्यता, आस्था, आस्था-प्रकाश, विश्वास-प्रकाश *(accept my sincere ~ of regard)*; व्रत, प्रतिज्ञा; वृत्ति, उद्यम, व्यवसाय, व्यापार, उपजीविका, धन्धा, पेशा, रोजगार *(carpenter by ~)* ।

professional[1] n. उद्यमी, व्यवसायी, कामकाजी, रोजगारी; व्यावसायिक खिलाड़ी, पेशेवर खिलाड़ी ।

professional[2] a. वृत्तिक, व्यावसायिक, व्यवसायी, पेशेवर, पेशेका;
~ ability, ~ adjustment, ~ advice, ~ capacity, ~ college, ~ development, ~ etiquette, ~ experience, ~ jealousy, ~ income, ~ matters, ~ nature, ~ opinion, ~ qualification, ~ secret, ~ training.

professionalism n. व्यवसायवाद; वृत्तिता, व्यावसायिकता; व्यवसायीकरण, पेशेवर लोगोंका नियोजन ।

professionalize v.t. व्यवसायीकरण करना, पेशेवर बनाना ।

professionless a. व्यवसायहीन, कामधन्धा-रहित, बेकार, बेपेशा ।

professor n. धर्मव्यवसायी, महन्त, पण्डा; प्राध्यापक, प्रोफेसर; (बोल०) व्यवसायी, व्यावसायिक ।

professorate n. प्राध्यापकपद, प्राध्यापकी, प्रोफेसरी; प्राध्यापकवर्ग ।

professoress n. प्राध्यापिका, महिला प्राध्यापक, प्रोफेसरानी ।

professorial a. प्राध्यापकीय, प्राध्यापकोचित ।

professoriate n. प्राध्यापक-संघ, प्राध्यापक-वर्ग ।

professorship n. प्राध्यापकी, प्राध्यापक-पद, प्रोफेसरी ।

proffer[1] n. भेंट, समर्पण, अर्पण, प्रदान ।

proffer[2] v.t. (उपहार, सेवाएँ आदि) भेंट करना, समर्पित करना, अर्पित करना, प्रदान करना, दे देना ।

profferer n. अर्पक, समर्पक ।

proficiency n. कौशल, कुशलता, नैपुण्य, पाटव, प्रवीणता, दक्षता, विशेष योग्यता ।

proficient a. कुशल, निपुण, पटु, दक्ष, निष्णात, विचक्षण, पारगत, अभिज्ञ, लब्धज्ञान, विशेषज्ञ ।

profile[1] n. पार्श्वचित्र, अर्धमुखचित्र, एकरुखी तस्वीर; पार्श्वदृश्य, चपटा खाका, एकरुखा खाका; मिट्टीका धुस्स; दुर्गका तिरछा खड़ा भाग ।

profile[2] v.t. पार्श्वचित्र खींचना, एकरुखी तस्वीर बनाना ।

profilist n. पार्श्वचित्रकार, एकरुखी तस्वीर खींचनेवाला ।

profit[1]* n. लाभ*, हित, फल, अर्थ-कल्याण, उपकार, फायदा, नफा, मुनाफा; ब्याज, सूद (प्रायः बहुव०में) ।

profit[2] v.t. & i. लाभ होना, हित होना, अर्थकर होना, लाभ देना; लाभ उठाना, लाभान्वित होना, फायदा उठाना *(hope to ~ by your advice)* ।

profitable a. सलाभ, लाभप्रद, लाभकर, लाभदायक, अर्थकर, फलप्रद, फलावह, हितकर, उपयोगी, फायदेवाला, मुनाफेवाला ।

profitableness n. लाभकारिता, लाभप्रदता, लाभदायकता, अर्थकरता, फलप्रदता, फलावहता, हितकरता, उपयोगिता, उपयुक्तता ।

profiteer[1] n. वार्धुषिक, अतिलाभ-भोगी, अपलाभी, नफाखोर, मुनाफाखोर, सूदखोर ।

profiteer[2] v.i. अनुचित लाभ उठाना, अति लाभ लेना, नफाखोरी करना, मुनाफाखोरी करना, सूदखोरी करना ।

profiteering n. अपलाभ, मुनाफाखोरी, अनुचित लाभ उठाना ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

profitless a. निर्लाभ, लाभरहित, निष्फल, व्यर्थ, निष्प्रयोजन, निरर्थक, बेफायदा, बेकार।

profitlessness n. निर्लाभता, लाभराहित्य, निष्फलता, निष्प्रयोजनता, निरर्थकता।

profligacy n. दुराचार, दुर्वृत्तता, कामुकता, लम्पटता, व्यभिचारिता, भोगासक्तता, व्यसन, भोगासक्ति, चरित्र-भ्रष्टता, लुचपन; अपव्यय, अपव्ययिता, उड़ाऊपन, लुटाऊ।

profligate a. & n. दुराचारी, दुर्वृत्त, कामुक, लम्पट, व्यभिचारी, भोगासक्त, व्यसनी, नष्टचरित्र, चरित्रहीन, चरित्रभ्रष्ट, बदकार, लुच्चा; अतिव्ययी, अपव्ययी, उड़ाऊ, लुटाऊ।

profligateness n. दुराचारिता, दुर्वृत्तता, कामुकता, लम्पटता, व्यभिचारिता, चरित्रभ्रष्टता, बदकारी, लुचपन; अपव्यय, अपव्ययिता, उड़ाऊपन, लुटाऊपन।

profluent a. अग्रवाही, अग्रप्रवाही, आगेकी ओर बढ़नेवाला।

profound[1] n. (का०) अगाधता, अतलता, गूढ़ता, गाम्भीर्य, गम्भीरता, गहराई; समुद्र, सागर।

profound[2] a. सूक्ष्म, गहन, अगाध, अथाह, गम्भीर (*~ treatise*); परम, व्युत्पन्न, उच्चट, निष्णात, प्रकाण्ड, पारंगत (*~ scholar*); गूढ़, निगूढ़, दुर्ज्ञेय, दुर्गम्य, परम गहन; अत्यन्त, अत्यधिक; तीव्र, हार्दिक; अतिगम्भीर, गाढ़, घना, गहरी (*~ sleep*)।

profoundness, profundity nn. गाम्भीर्य, गूढ़ता, प्रगाढ़ता, अगाधता, गहनता, घनता, गाढ़ता, घनापन, गहराई।

profuse a. अमितव्ययी, अतिव्ययी, अपव्ययी, फिजूल-खर्च; मुक्तहस्त, अत्युदार, परम दानी, लुटाऊ; प्रभूत, प्रचुर, विपुल, अतुल, अतिशय, अत्यधिक, भरपूर, बहुत।

profuseness, profusion nn. अमितव्यय; अति-व्यय, अपव्यय, फिजूल खर्च; मुक्तहस्तता, अत्युदारता; प्रभूतता, प्राचुर्य, प्रचुरता, विपुलता, समृद्धि, बाहुल्य, अतुलता, अतिशयता, उद्रेक, बहुतायत।

profusive a. अपव्ययी, अमितव्ययी, अति उदार।

prog[1] n. खाद्य, खाद्य-सामग्री, भोजन-सामग्री।

prog[2] v.t. छुरा मारना, चुभोना, भोंकना, छुरेसे वध करना; अलग कर देना, छाँटना।

prog[3] v.t. = PROCTORIZE.

progenitive a. प्रजनन-क्षम, प्रजननिक, प्रजनन-सम्बन्धी।

progenitor n. पिता, प्रजनक, प्रजनयिता; कुलपुरुष, पूर्वज, पूर्वपुरुष, पुरखा, बुजुर्ग; प्रजापति; (ला०) मनीषी, सज्ञान, सयाना; मूल, मूल प्रति।

progenitorial a. पिता-विषयक, प्रजनयिता-सम्बन्धी, पूर्वजीय; प्रजापति-विषयक; मूल-सम्बन्धी।

progenitorship n. प्रजापतित्व; ज्येष्ठता, बुजुर्गी।

progenitress n. जननी, जनयित्री।

progeniture n. प्रसव, प्रजनन; प्रजा, सन्तानोत्पत्ति, सन्तति, सन्तान।

progeny n. प्रजा, अपत्य, सन्तति, सन्तान, नस्ल; (ला०) फल, परिणाम, निष्कर्ष, नतीजा।

prognathic a. = PROGNATHOUS.

prognathism n. उद्गति, प्रक्षेपिता, प्रक्षेपात्मकता, बहिःक्षेपात्मकता, बाहरकी ओर निकला होना।

prognathous a. प्रक्षेपी, प्रक्षेपात्मक, बहिःक्षेपात्मक, बाहरकी ओर निकला हुआ।

prognose v.t. प्रबोध करना, शकुन बताना, लक्षण बताना, फलानुमान करना, पूर्वसूचना देना, अग्रसूचना देना; (चिकि०) पूर्वनिदान करना, पूर्वलक्षण बताना।

prognosis n. प्रबोध, शकुन, लक्षण, फलानुमान, पूर्वसूचना, अग्रसूचना; (चिकि०) पूर्वनिदान, पूर्वलक्षण।

prognostic[1] n. शकुन, लक्षण, पूर्वचिह्न, पूर्वसंकेत, पूर्वाभास, भविष्यकथन, भविष्यवाणी।

prognostic[2] a. शकुनात्मक, लक्षणात्मक, पूर्वचिह्नात्मक, पूर्वसंकेतात्मक, भविष्य-कथनात्मक, अग्रसूचक।

prognosticable a. पूर्वसूचनीय, भविष्यवचनीय, भविष्यवाणी करने योग्य।

prognosticate v.t. पूर्वज्ञापित करना, भविष्यवाणी करना, आगम कहना, पूर्वसूचना देना; पूर्वसंकेत करना, लक्षण बताना, चिह्न प्रकट करना।

prognostication n. पूर्वज्ञापन, भविष्यकथन; पूर्व-संकेत, शकुन, पूर्वलक्षण, पूर्वसूचना, भविष्यवाणी।

prognosticative, prognosticatory aa. पूर्व-ज्ञापनात्मक, भविष्यकथनात्मक, पूर्वसूचक, पूर्वसूचनात्मक, शकुनकारी।

prognosticator n. पूर्वलक्षणज्ञ, आगमवक्ता, भविष्य-वक्ता, शकुनकारी।

prognostics n. पूर्वसूचना, भविष्यवाणी; ऋतु-वार्ता, ऋतु-सूचना।

program ⊙, **-me**[1] n. कार्यक्रम, योजना, कार्यसूची, आयोजन, पुरोगम, पेशनामा, प्रोग्राम; *~*-music क्रमिक संगीत; *~*-picture क्रमिक चलचित्र।

programmatic a. कार्यक्रमीय, योजना-विषयक, प्रोग्रामसे सम्बन्धित; (कथात्मक या इश्यात्मक) संगीत-सम्बन्धी।

program(me)[2] v.t. कार्यक्रम बनाना, योजना तैयार करना।

programmed a. कार्यक्रमबद्ध, योजनाबद्ध।

progress[1] n. प्रगमन, पुरःसरण, प्रसरण, प्रक्रमण, प्रयाण; वृद्धि, उत्कर्ष, उन्नयन, उत्थान, उन्नति, प्रगति (*made slow ~*); विकासावस्था; (प्रा०) राजयात्रा, शासकीय प्रवास, प्रस्थान (*royal ~*);

~ record, *~* register, *~* report, *~* representative, *~* return, *~* statement.

progress[2] v. i. प्रगमन करना, पुरःसरण करना, प्रसरण करना, प्रक्रमण करना, प्रयाण करना; उत्कर्ष करना, उत्थान करना, उन्नति करना, प्रगति करना, आगे बढ़ना।

progression n. वृद्धि, विकास, उन्नति, प्रगति, बढ़ाव;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri Funding:IKS

(ग०) श्रेढी, श्रेणी; (संगीत) आरोह-अवरोह, स्वरक्रम।

progressional a. वृद्ध्यात्मक, विकासात्मक, प्रगत्यात्मक; श्रेढीय, श्रेणीय; स्वरक्रमीय, क्रमिक, क्रमबद्ध, सिलसिलेवार।

progressionism n. प्रगतिवाद, विकासवाद।

progressionist n. प्रगतिवादी, प्रगतिसमर्थक, विकासवादी।

progressist a. विकासवादी, प्रगतिवादी।

progressive[1] n. प्रगतिवादी व्यक्ति, प्रगतिसमर्थक मनुष्य।

progressive[2] a. वर्द्धी, प्रगामी, प्रगमनशील, प्रगत्युन्मुख, वर्धनशील, ऊर्ध्वगामी; अनुक्रमिक, उत्तरोत्तर, क्रमशः वर्धमान (~ *tax*); प्रगतिशील, उन्नतिशील; प्रगतिवादी, सुधार-समर्थक; ~ increase उत्तरोत्तर वृद्धि; ~ change, ~ expenditure, ~ literature, ~ motion, ~ nation, ~ phase, ~ principles, ~ reduction, ~ taxation.

progressively adv. अनुक्रमेण, क्रमशः, उत्तरोत्तर, अधिकाधिक।

progressiveness n. प्रगति, उन्नति; प्रगतिप्रियता, प्रगतिशीलता, प्रगतिवादिता, विकासशीलता।

progressivism n. प्रगतिवाद, प्रगतिशीलता।

prohibit v.t. प्रतिषिद्ध करना, निषिद्ध करना, वर्जित करना, निवारण करना, मना करना, रोकना; प्रत्यादेश करना, प्रतिबन्ध लगाना, निरोध करना, बाधा पहुँचाना।

prohibited a. प्रतिषिद्ध, निषिद्ध, वर्जित (~ *goods*)।

prohibiter, prohibitor nn. निषेधक, प्रतिषेधी, वर्जक; प्रतिबन्धक।

prohibition n. प्रतिषेध, निषेध, वर्जन, प्रत्यादेश, निवारण, रोक, मनाही; मद्यनिषेध, शराबबन्दी, नशाबन्दी; प्रतिषेध-पत्र, निषेधपत्र; (कानून) निषेधाज्ञा।

prohibitionary a. प्रतिषेधात्मक, निषेधात्मक, वर्जनात्मक; प्रतिषेध-विषयक, निषेध-सम्बन्धी, वर्जन-सम्बन्धी, रोकका।

prohibitionism n. मद्य-निषेधवाद।

prohibitionist n. मद्य-निषेधवादी।

prohibitive a. प्रतिषेधात्मक, निषेधक, निषेधशील, रोकनेवाला।

prohibitiveness n. प्रतिषेधात्मकता, निषेधात्मकता, निषेधकता, प्रतिषेधकता।

prohibitor n. निषेधक, निवारक, दे० PROHIBITER.

prohibitory a. प्रतिषेधात्मक, निषेधात्मक, प्रतिषेधी, निवारक, निषेधक, निषेधी, प्रतिषेधार्थक, निषेधबोधक, निषेधवाची।

project[1] n. प्रक्षेप, प्रकल्प, उपाय, प्रयोग, परियोजना, प्रायोजना, युक्ति, खाका, प्लान, प्रोजेक्ट।

project[2] n. विधेयक, ड्राफ्ट, मसौदा।

project[3] v.t. & i. प्रक्षेपण करना, परियोजना बनाना, युक्ति सोचना, जुगुत सोचना, विचारना, खाका खींचना, प्लान तैयार करना; निरूपण करना, मानसचित्र बनाना; फेंकना, डालना; प्रविष्ट करना, पैठना; मिश्रण करना, मिलाना, घोलना; (प्रकाश या छाया) प्रक्षिप्त करना, डालना; (ला०) साकार करना, स्वरूप देना, प्रत्यक्ष आकार देना; (रेखा०) विक्षेपण करना, प्रत्यालेख करना, आगेकी ओर बढ़ाना; मानचित्र बनाना, नकशा बनाना; बहिर्गत होना, बहिर्लम्बित होना, उभरा हुआ होना।

projected a. क्षिप्त, प्रक्षिप्त, निकला हुआ।

Projectile[1] n. अस्त्र, प्रक्षेपणीय गोली, तोपका गोला इत्यादि।

projectile[2] a. प्रेरक, प्रक्षेपी, उत्तेजक, फेंकनेवाला, उकसानेवाला (~ *force*); दूरवेधी, प्रक्षेप्य, प्रक्षेपणीय, छूटनेवाला, दगनेवाला।

projecting a. प्रलम्ब, प्रक्षिप्त, उत्तुंग, उदग्र, बहिर्वर्ती।

projection n. प्रक्षेपण, बहिर्वेशन, फेंकाई, डलाई; धातुरूपान्तर, धातुपरिवर्तन; प्रक्षेप, योजना, उपाय, खाका, प्लान; मानचित्र, नकशा; प्रलम्बन, प्रलम्बता, उदग्रता, उभार; धक्का, दपेट, झपेट, ठेला, झोंक; प्रत्यालेख, अवलेख; मनःचित्र, मनमोदक, कपोल-कल्पना; चलचित्र-प्रदर्शन; निर्गत भाग; powder of ~ पारस पत्थरका चूर्ण।

projectional a. प्रक्षेपणीय, प्रक्षेपण-सम्बन्धी, फेंकाईका, डलाईका; धातुरूपान्तर-विषयक, धातुपरिवर्तन-सम्बन्धी; प्रक्षेप-विषयक, योजना-सम्बन्धी, खाकेका, तजवीजवाला; प्रलम्बनीय, उभारका; धक्केका, दपेटका, झपेटका; प्रत्यालेख-विषयक, अवलेख-सम्बन्धी; मनःचित्र-विषयक, मनमोदक-सम्बन्धी, कपोलकल्पना-सम्बन्धी।

projectionist n. चलचित्र-प्रदर्शक, फिल्म दिखानेवाला।

projective a. (रेखा०) प्रक्षेपी, प्रलम्बी, प्रक्षेपात्मक, प्रक्षेपजन्य; मनःकल्पनात्मक; मनःजात, मनोद्भूत (~ *imagination*)।

projector n. योजक, प्रक्षेपक, योजनाकार; निरूपक, मंसूबा बाँधनेवाला; झूठी व्यापारिक कम्पनियोंकी उन्नति करनेवाला; (चलचित्र) दर्शित्र, प्रक्षेपणयन्त्र (~ *lens*)।

projecture n. प्रक्षेप, उभार, बाहरकी ओर निकला होना; प्रक्षिप्त भाग, उभरा हुआ भाग, बाहर निकला हुआ हिस्सा।

prolabium n. अरुण ओष्ठ, रक्त होंठ, होंठोंका लाल हिस्सा, बहिरोष्ठ, बाहरी होंठ, होंठोंका बाहरी हिस्सा।

prolapse n. स्थानान्तरण, स्थानभ्रंश, स्थानच्युति।

prolapsus n. = PROLAPSE.

prolate, prolated aa. (रेखा०) अण्डाकार, ध्रुवदीर्घ, उच्चाक्ष, विस्तारशील; (ला०) अतिविस्तृत; दीर्घोच्चरित।

prolation n. विस्तार; दीर्घोच्चारण।

prolative a. (व्या०) विधेय-विस्तारी।

prolegomenary, prolegomenous aa. उपोद्घातीय, प्राक्कथनीय, प्रास्ताविक।

prolegomenon n. (pl. *-na*) उपोद्घात, प्राक्कथन, प्रस्तावना, भूमिका।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

prolepsis n. पूर्वादान, पूर्वग्रहण, पूर्वसमाधान, पूर्वाभास, अनुमान, पूर्वकल्पना; (व्या०, विशेषणोंका) अनुमानपूर्व प्रयोग।

proleptic, -al aa. पूर्वादानीय, पूर्वग्रहणात्मक, पूर्वसमाधानात्मक, अनुमानात्मक, पूर्वकल्पनात्मक, पूर्वाभासयुक्त (अलंकार), पहिलेसे समझा हुआ, अगला।

proletarian a. & n. श्रमजीवी (व्यक्ति), सर्वहारा-वर्गका (सदस्य), निर्धन (पुरुष), दीन (व्यक्ति), कंगाल (आदमी)।

proletarianism n. सर्वहारावाद।

proletariat(e) n. सर्वहारावर्ग, जनगण, साधारण जन, अवर जन, निम्न श्रेणीके लोग; श्रमजीवी, श्रमिक-वर्ग, मजदूर-वर्ग, कमिया-सम्प्रदाय।

proletary a. सर्वहारा-वर्गके व्यक्तिका, श्रमजीवी वर्गका।

prolicidal a. भ्रूणहत्यात्मक, शिशुहत्या-सम्बन्धी, बालहत्यासे सम्बन्धित।

prolicide n. भ्रूणहत्या, शिशुहत्या, बालहत्या, सन्तति-हत्या।

proliferate v. i. आत्मपुनर्जनन करना, अपनेसे उत्पन्न करना।

proliferation n. आत्मपुनर्जनन, प्रगुणन, अपनी संवृद्धि।

proliferative a. आत्मपुनर्जनक, आत्मपुनर्जनन करनेवाला, अपनेसे उत्पन्न करनेवाला, अवन्ध्य।

proliferous a. आत्मपुनर्जनक, आत्मपुनर्जनन करने-वाला, उत्पन्न करनेवाला; कुड्मज, कलिकाप्रज, कली द्वारा उत्पन्न करनेवाला।

prolific a. बहुप्रज, बहुप्रसवी, बहुफलदायक, अवन्ध्य (~ *animals*); प्रजननशील, प्रसवशील; उर्वर, उप-जाऊ (~ *land*); प्रभूत, आढ्य, भरा हुआ।

prolificacy, prolificity, prolificness nn. बहुप्रजता, बहुप्रसवता, बहुफलदायकता; प्रजननशीलता, प्रसवशीलता; उर्वरता, उपजाऊपन; प्रभूति, आढ्यता।

prolification n. नव-सन्तति; क्रमिक विकास, क्रमबद्ध वृद्धि।

proligerous a. (वन०) उत्पादी, उत्पन्न करनेवाला।

prolix a. सुविस्तर, अतिविस्तृत, अतिदीर्घ, लम्बा-चौड़ा; प्रपंचयुक्त, वितण्डायुक्त, अतिभाषी, बहुभाषी (~ *writer*); अतिदीर्घ, दीर्घसूत्री; विरक्तिकर, उकता देनेवाला, उबाऊ, भारी (~ *speech*)।

prolixity, prolixness nn. सुविस्तरता, अतिविस्तार, अतिदीर्घता; प्रपंचयुक्तता, वितण्डायुक्तता; अतिभाषित्व, बहुभाषित्व, वाग्विस्तार, वाग्वितण्डा; प्रपंच; दीर्घसूत्रता; विरक्ति, अरोचकता, ऊब।

prolocution n. परिचयात्मक व्याख्यान, प्रारम्भिक भाषण, प्रवक्तृता।

prolocutor n. प्रवक्ता; प्रधान, अध्यक्ष, सभापति।

prolocutorship n. प्रवक्तृपद, अध्यक्षता, सभापतित्व, अध्यक्षपद, सभापतिपद।

prologize, -guize vv. i. ⊙आमुख कहना या लिखना, पूर्वरंग लिखना, प्राक्कथन करना, प्रस्तावना करना।

prologue[1] n. आमुख, पूर्वरंग, पुरोवचन, प्राक्कथन, मुखबन्ध, प्रस्तावना, नान्दीपाठ, मंगलाचरण; (ला०) भूमिका, पूर्वपीठिका।

prologue[2] v.t. आमुख लिखना, पूर्वरंग करना, पुरोवचन कहना, प्राक्कथन करना, प्रस्तावना करना, मंगलाचरण करना।

prolong v.t. विलम्बित करना, बिलमाना, बिरमाना; व्याक्षिप्त करना, प्रसारित करना, लम्बा करना, बढ़ाना, तानना; (अक्षरोच्चारणको) दीर्घ करना।

prolongable a. विलम्ब्य, विलम्बनीय, बिलमाने योग्य, बिरमाने लायक; व्याक्षेप्य, व्याक्षेपणीय, प्रसार्य, प्रसारणीय, लम्बनीय, तानने योग्य; (अक्षरोच्चारण) दीर्घ करने योग्य।

prolongate v.t. = PROLONG.

prolongation n. विलम्बीकरण, दीर्घीकरण; कालवृद्धि; समयवृद्धि; विततिं, आयति, विस्तार, बढ़ाव, फैलाव।

prolonged a. विलम्बित, दीर्घकालीन (~ *absence*)।

prolonger n. विलम्बीकर्ता, दीर्घीकर्ता; दीर्घकाली, कालवृद्धिकर्ता, समय टालनेवाला; वितानक, विस्तारक, आयति करनेवाला, विस्तार करनेवाला।

prolusion n. अभ्यास, प्रश्न, सवाल; निबन्ध, लेख; प्रारम्भिक कार्य, भूमिका, प्राक्कथन।

prolusory a. अभ्यासात्मक, प्रश्न-विषयक; निबन्ध-विषयक, लेख-सम्बन्धी; प्रारम्भिक, प्राथमिक; भूमिका-सम्बन्धी, प्राक्कथन-सम्बन्धी।

prom, promenade[1] n. विहार, संचरण, विचरण, भ्रमण, सैर; अश्वारोहण, सवारी; यात्रा, शोभायात्रा; विहार-स्थल, पटरी, ठण्ढी सड़क; ~ concert विहार-गोष्ठी।

prom, promenade[2] v. i. & t. विहार करना, संचरण करना, विचरण करना, भ्रमण करना, टहलना, सैर करना; अश्वारोहण करना, घोड़ेका सवारी करना; शोभायात्रा करना, जुलूस निकालना।

promenader n. विहारी, संचरणशील, विचरणशील, भ्रमणशील, सैलानी, घूमनेवाला।

prometaphase n. पूर्वमध्यावस्था।

prominence, -cy nn. प्रोद्वर्ध, प्रकूट, प्रतुंगक; उत्तुंगता, प्रक्षेप, उदग्रता, उभार; विख्याति; सुव्यक्तता, सुस्पष्टता; प्राधान्य, प्रधानता, प्रमुखता; विशिष्टता।

prominent a. प्रक्षिप्त, उठा हुआ, उभरा हुआ; उत्तुङ्ग, उन्नत, उदग्र, प्रलम्ब, निकला हुआ; विख्यात; सुव्यक्त, सुस्पष्ट; मुख्य, प्रधान, प्रमुख (~ *citizens*); श्रेष्ठ, विशिष्ट (~ *place*)।

promiscuous a. संकुल, संकीर्ण, प्रकीर्ण, संकर, मिश्रित, गड्डमड्ड (~ *bathing*); क्रमविहीन, बेतरतीब; असामंजस्यपूर्ण; अविवेक्त, अविवेकपूर्ण (~ *massacre*); अभेद, निर्विशेष; (बोल०) आकस्मिक, अन्धाधुन्ध, बेकार; व्यर्थ, बेमतलब; ~-like निष्प्रयोजन, बेकार; ~

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

sexual relation निर्बन्ध सहवास, असंयमित सम्भोग, इच्छाभोग ।

promiscuousness, promiscuity nn. संकुलता, संकीर्णता, प्रकीर्णता, संकरता, मिश्रण, गड्डमगड्ड; क्रम-विहीनता; असामंजस्यपूर्णता; अविवेक; अभेद, निर्विशेषता; असंयम, असंयतता ।

promise[1] n. वचन, वाग्दान, प्रतिश्रुति, प्रतिज्ञा, वादा, कौल, करार; (ला०) वधिष्णुता, उदीयमानता, होनहारी, उठान (*writer of great* ~) ।

promise[2] v.t. & i. प्रतिश्रुत होना, प्रतिज्ञा करना, वचन देना, वादा करना, कौल करना, इकरार करना; (बोल०) आश्वासन देना, विश्वास दिलाना, निश्चय कराना, भरोसा दिलाना, यकीन दिलाना; कामना करना, आशा करना; (ला०) परिलक्षित करना, सम्भावना प्रकट करना, आभास देना ।

promised a. प्रतिश्रुत, प्रतिज्ञात; आश्वस्त, विश्वस्त; परिलक्षित, सम्भावित, कल्पित; ~ land स्वर्ग, स्वप्न-लोक, कल्पना-लोक ।

promisee n. (कानून) प्रतिज्ञाती, वाग्दत्त, वचन-आदाता, जिससे वादा किया जाय ।

promiser, promisor nn. प्रतिज्ञाता, प्रतिश्रावक, वचनदाता, प्रतिज्ञा करनेवाला, वादा करनेवाला ।

promising a. उदीयमान, होनहार (~ *young-man*); सम्भावनापूर्ण, आशाजनक (~ *result*) ।

promissive a. प्रतिश्रुतियुक्त, प्रतिज्ञामय, वाग्दानपूर्ण, वचनयुक्त; प्रतिश्रवणात्मक; प्रतिश्रुति-सदृश, प्रतिज्ञावत्, वाग्दान-सम्बन्धी, वादेका ।

promissory a. प्रतिश्रुत्यात्मक, प्रतिज्ञावह, प्रतिज्ञा-विशिष्ट; (क्वचित्) आशापूर्ण, सम्भावनापूर्ण; ~ note वचनपत्र, प्रतिज्ञापत्र, प्रोनोट; ~ oaths पद-शपथ ।

promontoried a. प्राग्रयुक्त, शम्बुकालिकामय; अन्तरीपयुक्त ।

promontory n. रास, भूशिर, भूनासिका, उदयभूमि, उदग्रभूमि, अन्तरीप; (श० र० शा०) प्राग्र, शम्बुकालिका, उन्नतांश, उभरी हुई गाँठ ।

promote v.t. प्रोन्नत करना, पदोन्नत करना, विवृद्ध करना, अभिवर्द्धित करना, उन्नत करना, तरक्की देना, दरजा बढ़ाना; अभिप्रेरित करना, प्रवर्तन करना, प्रोत्साहन देना, उत्तेजित करना, अनुप्राणित करना, बढ़ावा देना; (किसी कानूनके पारणका) समर्थन करना; (शतरंज) प्यादेको फरजी बनाना ।

promotee n. प्रोन्नत व्यक्ति, पदोन्नत व्यक्ति ।

promoter n. प्रोन्नायक, पदोन्नायक, विवर्धक, अभि-वर्धक, अभियोजक, अभिवेजक; अभिप्रेरक, प्रवर्तक, प्रोत्साहक; (*company-*~) प्रमण्डल-प्रवर्तक, कम्पनी-संस्थापक ।

promoterism n. प्रवर्तकवाद ।

promotion n. प्रोन्नति, पदोन्नति, पदवृद्धि, अभिवृद्धि, वर्धन, उत्कर्ष, उन्नति, तरक्की; अभिप्रेरणा, उन्नयन, प्रोत्साहन; समर्थन, प्रवर्तन ।

promotional a. प्रोन्नत्यात्मक, पदोन्नति-विषयक, पदवृद्धि-सम्बन्धी, अभिवृद्धि-विषयक, उन्नति-सम्बन्धी, तरक्कीका; अभिप्रेरणा-विषयक, प्रोत्साहन-सम्बन्धी; समर्थन-सम्बन्धी, प्रवर्तन-सम्बन्धी ।

promotive a. प्रोन्नायक, पदोन्नायक, विवर्धक, अभिवर्धक, उन्नति देनेवाला, बढ़ानेवाला; समर्थक; प्रेरक, प्रवर्तक ।

prompt[1] n. अवधि; ~-note सावधिकपत्र, सत्वरपत्र, मियादी चिट्ठी ।

prompt[2] n. (अभिनेताका) प्रबोध, उद्बोध, अनुबोध, प्रवर्तन, प्राम्प्टिंग; ~ side of stage अनुबोधपार्श्व, जहाँसे प्राम्प्टिंग की जाती है ।

prompt[3] v.t. प्रणोदित करना, प्रचोदित करना, प्रवर्तित करना, प्रोत्साहित करना, प्रबुद्ध करना, उभाड़ना, उकसाना, भड़काना; (अभिनेताको) प्रबोधना, स्मरण कराना, प्राम्प्ट करना ।

prompt[4] a. उद्युक्त, उद्यत, तत्पर, आशुकारी, अविलम्बी, अदीर्घसूत्री, स्फूर्त, चुस्त, फुर्तीला, मुस्तैद; क्षिप्र, सत्वर, त्वरित, तात्क्षणिक, अविलम्बित, तुरन्त, झट-पट; (वाणिज्य०) प्रदेय, नकद;

~ cash, ~ control, ~ decision, ~ delivery, ~ disposal, ~ payment, ~ reply.

prompter n. प्रणोदक, प्रचोदक, प्रवर्तक, प्रोत्साहक, उत्तेजक, अनुबोधक, उभाड़नेवाला, उकसानेवाला, भड़-कानेवाला; (अभिनेताको) अनुबोध करानेवाला, प्राम्प्टर ।

prompting n. प्रेरण, प्रोत्साहन, प्रवर्तन, उत्तेजन, उत्थापन, अनुप्राणन, उद्योजन, प्रबोधन, अनुबोधन ।

promptitude, promptness nn. स्फूर्ति, चुस्ती, होशियारी मुस्तैदी; सत्वरता, तत्परता, क्षिप्रता; औत्सुक्य ।

promptly adv. सत्वर, शीघ्र, तत्क्षण, तत्काल, तुरन्त; तत्परतासे, चुस्तीसे, मुस्तैदीके साथ ।

promptuary n. पुस्तिका, डायरी, नोटबुक; (प्रा०) भण्डार, गुदाम, गोदाम, कोठार, बखार ।

prompture n. सलाह, मशविरा, राय; प्रचोदन, प्रणोदन, प्रेरण, प्रेरणा, उत्साहदान, उत्साहवर्द्धन ।

promulgate v.t. प्रकाशित करना, प्रकट करना; प्रख्यापन करना, प्रख्यात करना, प्रचारित करना, घोषित करना, प्रसिद्ध करना, लोकप्रचालित करना, ढिंढोरा पीटना, फैलाना; प्रवर्तन करना, जारी करना, लागू करना ।

promulgation n. प्रकाशन, प्रकटन; प्रख्यापन, प्रचालन, घोषणा, ढिंढोरा, मुनादी, ऐलान ।

promulgator n. प्रकाशक, प्रकट करनेवाला; प्रख्यापक, प्रचारक, घोषक, प्रसिद्ध करनेवाला, ढिंढोरा पीटनेवाला, जारी या लागू करनेवाला ।

promulge v.t. (प्रा०) = PROMULGATE.

pronaos n. (pl. *-oi*) (मन्दिरकी) कक्षा, ड्योढ़ी ।

pronate v.t. हथेली पलटना, हथेली नीचे-ऊपर करना ।

pronation n. अधोवर्तन; अधस्तलगति, हथेली पलटना, हथेली नीचे करनेका कार्य ।

pronator n. (हथेली नीचे करनेमें) सहायक पेशी,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

सहायता पहुँचानेवाला पुट्ठा ।

prone a. अधोवृत्त, अधोमुख, अवाङ्मुख, प्रवण, प्रवृत्त, उन्मुख, झुका हुआ; पातुक, पट, औंधा; (मैदान) अधस्तल, ढालू, ढलुवाँ; (शिथिलतः) खड़ा, गहरा ढलवाँ ।

pronely adv. पट, चित्त, औंधे, मुँहभार, मुँहके बल, सिरके बल ।

proneness n. प्रवणता, प्रवृत्ति, उन्मुखता; ढाल, झुकाव, अधोमुखता, औंधापन ।

prong[1] n. शाखा, शूल, अग्र, काँटा, फाल; पाँचा, टिंगली, काँटेदार औजार; ~horn शाखीशृंग, शाखी मृग ।

prong[2] v.t. (काँटा) चुभोना, कोंचना, भोंकना; (काँटेसे जमीन) खोदना, कुरेदना ।

pronged a. शाखदार, काँटेदार ।

pronominal a. सर्वनामीय, सर्वनाम-विषयक, सर्वनाम-जैसा ।

pronote n. वचनपत्र, प्रोनोट ।

pronoun n. सर्वनाम; personal ~ व्यक्तिवाचक सर्वनाम ।

pronounce v.t. औपचारिक ढंगसे कहना, गम्भीर ढंगसे कहना, व्यवस्था देना, निर्णय सुनाना, सम्मति देना; घोषित करना, अधिघोषित करना, व्याहरण करना; उच्चारण करना, बोलना, कहना, पढ़ना (*cannot ~ distinctly*) ।

pronounceable a. उच्चार्य, उच्चारणीय ।

pronounced a. अधिघोषित, अभिमत, व्याहृत; उच्चारित; दृढ़, स्पष्ट, निश्चित; प्रबल, प्रखर, उग्र ।

pronouncement n. अधिघोषणा, अधिकथन, व्याहरण; उच्चारण; वक्तव्य, बयान; निर्णय ।

pronouncer n. अधिघोषक, अभिमाता, व्याहर्ता, उच्चारक, उच्चारण करनेवाला ।

pronouncing n. अधिघोषण, व्याहरण; व्यवस्थादान; उच्चारण; ~ dictionary उच्चारण-कोश ।

pronto adv. शीघ्रतया, शीघ्रतः, क्षिप्रतया, क्षिप्रतः, तत्क्षण, तत्काल, तुरन्त, झटपट, जल्दी ।

pronuncial a. उच्चारणीय, उच्चारण-विषयक ।

pronunciamento n. (pl. *-s*) उद्घोषणा, घोषणा-पत्र ।

pronunciation n. उच्चारण, उच्चारण-विधि ।

pronunciative a. उच्चार्य, उच्चारणीय, उच्चारण योग्य, उच्चारण करने योग्य ।

proof[1] n. युक्ति, उपपत्ति, प्रमाण, सबूत; साक्षी, गवाही; सिद्धि, प्रमाणीकरण, उपपादन, प्रतिपादन, प्रतिपत्ति; (स्फोट-अस्त्रोंकी) जाँच; परीक्षा, परख (*will stand a severe ~*); (प्रा०) अछेद्यता, अभेद्यता; शराबकी मादक-शक्ति; ईक्ष्यपत्र, शोध्यपत्र, प्रूफ; परखनली; ~-reader ईक्ष्य-शोधक, शोधनकर्ता, प्रूफरीडर; ~-reading ईक्ष्य-शोधन, प्रूफरीडिंग;

~ copy, ~ correcting, ~-correction, ~ examiner, ~ gallon, ~ plane, ~ puller, ~ press, ~-sheet, ~ text.

proof[2] v.t. सिद्ध बनाना, अभेद्य बनाना, निष्प्रभाव्य बनाना ।

proof[3] a. स्पष्ट, साक्षात्, विनिश्चायक, सम्प्रत्यायक, विश्वासोत्पादक, सन्तोषजनक; सिद्ध; परिरक्षी, दुर्भेद्य, अभेद्य (जैसे, *sound, water-~*) ।

proofing n. जलरक्षी-निर्माण-विधि, गैसरक्षी-रचना-रीति; परिरक्षी उपकरण ।

proofless a. युक्तिविहीन, तर्कहीन, प्रमाणरहित, बिना सबूतका, बिना दलीलका ।

prootic a. श्रवणाग्र, कर्णाग्रस्थ, कानके आगे स्थित ।

prop[1] n. अवष्टम्भ, स्तम्भ, थून, थूनी, पाया, टेकनी; (ला०) अवलम्बन, आश्रय, आधार, अवलम्ब, सहारा, टेक ।

prop[2] v.t. & i. अवलम्ब देना, आड़ लगाना, टेक देना, थूनी लगाना; (शा० एवं ला०) आश्रय देना, थाँमना, सँभालना; जड़ना, जमना, थमना ।

prop[3] = PROPOSITION.

propaedeutic, -al aa. आरम्भिक-ज्ञान-विषयक, प्रारम्भिक-ज्ञान-सम्बन्धी, आरम्भिक-अध्ययन-सम्बन्धी, प्राथमिक-अध्ययन-सम्बन्धी ।

propaedeutics n. (pl.) आरम्भिक ज्ञान, प्रारम्भिक ज्ञान, आरम्भिक अध्ययन, प्राथमिक अध्ययन ।

propagable a. प्रसवकरणीय, प्रजननीय, उत्पादनीय, उत्पन्न करने योग्य, जन्म देने योग्य; सँचार करने योग्य, फैलाने योग्य, बढ़ाने योग्य; प्रकाश्य, प्रकाशनीय, प्रवर्त्य, प्रवर्तनीय, प्रवर्तन-योग्य, विस्तार करने योग्य, आगे बढ़ाने लायक ।

propaganda n. प्रचार, सम्प्रचार, मत-प्रचार, प्रसार, प्रस्तार ।

propagandism n. प्रचार, मत-प्रचार-वाद ।

propagandist n. प्रचारक, सम्प्रचारक, मतप्रचारक, योजना-प्रचारक, सिद्धान्त-प्रचारक, प्रसारक ।

propagandistic a. प्रचारकवत्, प्रचारात्मक, प्रचारकीय ।

prapagandize v. i. & t. प्रचार करना, सम्प्रचार करना, प्रचारित करना ।

propagate v.t. (पौधे, जन्तु, रोग आदि) प्रसृत करना, प्रजनित करना, उत्पन्न करना, जन्म देना, सँचारना, फैलाना, बढ़ाना; (गुण आदिका) एक पीढ़ीका दूसरी पीढ़ीको देना; प्रकाशन करना, प्रवर्तन करना, विस्तार करना, आगे बढ़ाना ।

propagated a. प्रचारित, सम्प्रचारित, प्रसारित; प्रजनित ।

propagation n. प्रजनन, उत्पत्ति; वर्धन, प्रवर्तन; परम्परोत्पत्ति, परम्परा-हस्तान्तरण; सन्तानवृद्धि, प्रसूति-क्रम; प्रचारण, प्रसारण, प्रसार, प्रचार, विस्तार, फैलाव ।

propagative a. उत्पादनात्मक, प्रजननशील; परम्परोत्पादी; प्रचारात्मक ।

propagator n. उत्पादक, प्रजनक; प्रचारक, प्रसारक, प्रस्तारक आदि ।

proparaxytone a. & n. (ग्रीक व्या०) उपान्त्यपूर्व

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

बलयुक्त (शब्द)।

propel v.t. नोदन करना, प्रणोदन करना, प्रेरित करना, प्रवर्तित करना, धकेलना, ठेलना, पेलना, चलाना, आगे बढ़ाना।

propellant n. प्रचोदक, प्रणोदक, प्रेरक, प्रवर्तक, ठेलनेवाला, आगे बढ़ानेवाला; (बन्दूक आदि छुटानेके लिए प्रयुक्त) बारूद।

propelled a. प्रणोदित, चालित।

propellent[1] n. गोली दागनेवाली बन्दूक या तोप।

propellent[2] a. नोदक, प्रणोदी, चालक, प्रणोदक, प्रेरक, प्रवर्तक, धकेलनेवाला, पेलनेवाला, आगे बढ़ानेवाला; छुटानेवाला, दागनेवाला।

propeller n. प्रणोदक, पेलनेवाला, धकेलनेवाला; चालक यन्त्र;

~ blade, ~ boss, ~ fan, ~ shaft.

propelling a. प्रणोदी (~ *organ*)।

propelment n. प्रणोदन, प्रचोदन, प्रवर्तन, धक्का, ठेल-पेल; प्रेरक यन्त्र, ठेलनेवाली मशीन।

propense a. उद्यत, प्रवृत्त, प्रवण, उन्मुख, झुका हुआ।

propension n. प्रवर्त्तन, प्रवणन, उन्मुखन; नति, रुझान, झुकाव।

propensity n. नैसर्गिक प्रवृत्ति, प्रवणता, उन्मुखता, रुचि, रुझान, लगाव, झुकाव, चस्का, चाट।

proper a. स्वीय, निजी, आत्मीय, स्वयं-का, अपना; साम्प्रतिक, अवसरानुकूल, समयोचित, प्रसंगानुरूप; विशिष्ट; यथोचित, उचित, युक्त, संगत, सम्यक्, समीचीन, यथार्थ, वास्तविक, असली, ठीक; (बोल०) सम्पूर्ण, सारा, पूरा; पक्का, परले दर्जेका; (प्रा०) सुन्दर, रूपवान् (*a ~ man*); योग्य, यथार्ह, माकूल; मूल रंगमें, स्वाभाविक रंगमें; ~ fraction मूलभिन्न (जो इकाईमें कम हो); ~ motion (ग० ज्यो०) वास्तविक गति; (व्या०) ~ noun, name व्यक्तिवाचक संज्ञा;

~ authority, ~ channel, ~ choice, ~ ~ custody, ~ enforcement, ~ enjoyment, ~ lodging, ~ method, ~ person, ~ tax, ~ utilization.

propertied a. सस्वत्व, स्वत्वयुक्त, स्वामित्वयुक्त, प्रभुत्वयुक्त, साधिकार, अधिकारयुक्त; धनी, द्रव्यवान्, सम्पत्तिवान्, मिलकियतवाला, जायदादवाला; धर्मवान्, गुण-सम्पन्न, शील-सम्पन्न, विशेषता-सम्पन्न, लक्षणयुक्त।

property* n. स्वत्व, स्वामित्व, प्रभुत्व, अधिकार; धन, विभव, द्रव्य, सम्पत्ति*, मिल्कियत, जायदाद; रंगमंचीय सामग्री; प्रकृति, धर्म, गुण, स्वभाव, विशेषता, लक्षण; (तर्क०) गुण-धर्म; ~-man, ~-master मंच-सामग्री-की देख-रेख करनेवाला व्यक्ति;

~ account, ~ duty, ~ mark, ~ qualification, ~ section, ~ tax.

prophase n. पूर्वावस्था।

prophasis n. (चिकि०) पूर्वनिदान, पूर्वलक्षण।

prophecy n. ईशदूतत्व, सिद्धत्व, पैगम्बरी; सिद्धि, भविष्यकथन-क्षमता; देवदूतीय कथन, भावी कथन, भविष्यवाणी, आगम-कथन; सिद्ध आदेश।

prophesier n. अनागतवक्ता, भविष्यवक्ता, भविष्यवाणी करनेवाला; (धर्मग्रन्थका) व्याख्याता, टीकाकार, अर्थ करनेवाला।

prophesy v. i. & t. ईशदूतके नाते कहना; भविष्यवाणी करना; (प्रा०, धर्मग्रन्थकी) व्याख्या करना; आदेश देना।

prophet n. ईशदूत; ऋषि, मन्त्रद्रष्टा, पैगम्बर, नबी; (सिद्धान्त आदिका) प्रवक्ता, अधिवक्ता, पक्षसमर्थक, प्रतिनिधि; भविष्यवक्ता, अनागतदर्शी (*weather-~*); सन्देशवाहक; (प्रा०, घुड़दौड़में) गुप्त समाचार-वाहक; *no man was ever a ~* घरका जोगी जोगड़ा आन गावँका सिद्ध।

prophetess n. ईशदूतिका, मन्त्रदर्शिका; भविष्यदर्शिका, भविष्यद्वादिनी।

prophethood, prophetship nn. ईशदूतत्व, ऋषित्व, पैगम्बरी; भविष्यवादित्व।

prophetic, -al aa. ईशदूतीय, ऋषीय, मन्त्रद्रष्टा-विषयक, पैगम्बरी; भविष्य-कथनात्मक, भविष्यवाणीपूर्ण; आदेशात्मक।

prophetism n. भविष्यकथन, अनागतकथन, भविष्यवाणी, आनेवाले जमानेका हाल कहना।

prophylactic a. & n. निरोधी, प्रतिषेधक; रोग-निरोधक, रोगहारी (औषध), रोग-रोक (~ *measures*)।

prophylaxis n. प्रतिषेधोपचार, रोगनिरोध, रोगरोधन, रोगरोधक चिकित्सा।

propination n. प्रतिज्ञोत्सव, शपथ-ग्रहण; प्रथम पान, प्रथम मद्यपान; उपहार।

propinquity n. सन्निधि, सामीप्य, निकटता; सगोत्रता, आत्मीयता, निकट सम्बन्ध, गहरा सम्बन्ध, नाता; सादृश्य, समानता, अनुरूपता, अनुहार, मेल।

propitiable a. तोष्य, अनुनेय, अनुकूल्य, अनुकूलनीय; शुभ, शुभ-करणीय, मंगलयोग्य, कल्याणयोग्य; योग्य, उचित, उपयुक्त, अनुकूल।

propitiate v.t. सन्तुष्ट करना, उपशमन करना, मनाना, बहलाना, राजी करना; अनुकूल करना, शान्त करना; कल्याणकर बनाना।

propitiation a. तुष्टि, तुष्टीकरण, प्रसादन, अनुरंजन, प्रशमन, अनुनय, आराधन, सान्त्वना, बहलाव; तुष्टीकरणार्थ उपहार, सान्त्वनाहेतु भेंट।

propitiator n. सन्तोषक, प्रसादक, अनुरंजक, मनानेवाला, बहलानेवाला, राजी करनेवाला, अनुकूल करनेवाला, शान्त करनेवाला, कल्याणकर बनानेवाला।

propitiatory[1] n. (विशे०, ला०, ईसाकी) ईश-सिंहासन, परम आसन।

propitiatory[2] a. तुष्टिकर, तुष्टिप्रद, सान्त्वनाप्रद, अनुरंजनार्थक, शान्तिकर (~ *smile*)।

propitious a. यथाकाम, योग्य, उचित, उपयुक्त, अनुकूल (*fates were ~*); शुभ, हितकाम, मंगलप्रद,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

कल्याणकारी।

propitiousness n. अनुकूलता, योग्यता, औचित्य, उचितता, उपयुक्ति, उपयुक्तता, माफिक होना; शुभता, हितकारिता, मंगलप्रदता, कल्याणकारिता।

proplasm n. साँचा, ढालनेका रूपपुट, आधारक।

propolis n. (मधुमक्खियोंका) लाल मोम।

proponent ⊙ n. = ADVOCATE.

proportion[1] n. अनुपात; तुलनात्मक अंश, सापेक्ष सम्बन्ध, समाकृति, आनुरूप्य, साम्य, सम्मिति (*his success bore no ~ to his ability*); (बहुव०) परिमाण, नाप, विस्तार; (गणित) त्रैराशिक।

proportion[2] v.t. समानुपातिक करना, अनुपातयुक्त बनाना (*must ~ the punishment to the crime*); अनुकूल या अनुरूप बनाना, सुडौल करना।

proportionable a. अनुपात्य, अनुपातयुक्त, सदृश, तुल्य, बराबर।

proportionableness n. अनुपात्यता; सानुपातत्व, सानुपातता, अनुपात-युक्तता।

proportional[1] n. अनुपाती (जैसे, *5, 3, 10, 6 are ~s*)।

proportional[2] a. अनुपाती, समानुपातिक, यथानुपात, अनुपातानुरूप (*~ representation*); समप्रमाण, समपरिमाण, तुल्य (*~ increase*)।

proportionalist n. अनुपातयोजक, अनुपातप्रिय; अनुपातवादी।

proportionality n. अनुपातिकता, समानुपातिकता, अनुपातपूर्णता; समप्रमाणता, समपरिमाणता, अनुरूपता, तुल्यता, बराबरी।

proportionate a. अनुपाती, आनुपातिक, अनुपातानुरूप, यथाभाग; अनुरूप, सम, समान, सम्मित; उचित; ~ advance, ~ allotment, ~ amount, ~ basis, ~ budget grant, ~ costs, ~ portion, ~ reduction, ~ tax.

proportionateness n. आनुपातिकत्व, अनुपातपूर्णता; अनुरूपता, तुल्यता; औचित्य, उचितता।

proportioned a. अनुपातयुक्त; अनुरूपित।

proportionless a. सम्मितिरहित; सादृश्यविहीन; अननुपात; अननुरूप; विषमाकृत।

proportionment n. अनुपातन, अनुगुणन, अनुरूपण, समप्रमाणीकरण; तुल्यता, अनुरूपता।

proposal n. प्रस्ताव, सुझाव; विवाह-प्रस्ताव, मँगनी (*have had a ~*); प्रस्थापना, संकल्प।

propose v.t. & i. प्रस्तावित करना, प्रस्ताव रखना, प्रस्तुत करना, उपस्थापन करना, सुझाव देना; प्रतिपादन करना; लक्ष्य बनाना, उद्दिष्ट करना, चाहना; स्वास्थ्य-कामना प्रस्तुत करना; विवाह-प्रस्ताव करना, मँगनी करना; प्रस्थापित करना, संकल्प करना, प्रतिज्ञा करना, विचार रखना, इरादा रखना।

proposed a. प्रस्तावित, प्रस्थापित, प्रस्तुत (*~ acquisition, change, law*), संकल्पित।

proposer n. प्रस्तावक, प्रस्तोता, उपस्थाता, उपस्थापयिता; प्रतिपादक, प्रतिपादयिता; लक्ष्य बनानेवाला, उद्देश्य बनानेवाला, चाहनेवाला; स्वास्थ्य-कामना प्रस्तुत करनेवाला; परिणय-याचक, विवाह-प्रस्तावक, मँगनी करनेवाला; प्रस्थापक, संकल्प करनेवाला, विचार रखनेवाला, इरादा रखनेवाला।

proposition n. उक्ति, कथन, वक्तव्य, वचन; (विशे०, तर्क०) संवाक्य, प्रस्थापना; (गणित, संक्षिप्त *prop*) उपक्षेप.प्रमेय, प्रतिज्ञा; प्रस्तावित योजना, प्रस्तुत योजना; योजना, स्कीम ⊙; कार्य, काम ⊙; साध्य, उद्देश्य; समस्या ⊙; व्यापार, व्यवसाय, धन्धा; प्रतिद्वन्द्वी, सम्भाव्यता; तथ्य, मामला ⊙; क्रीड़ा, खेल ⊙।

propositional a. उक्ति-विषयक, कथन-सम्बन्धी; संवाक्ययुक्त, प्रस्थापनीय; उपक्षेपीय, प्रमेय-विषयक, प्रतिज्ञा-सम्बन्धी।

propotency n. प्रशक्ति, अधिशक्ति, अधिबल।

propound v.t. उपस्थापित करना, प्रतिपादन करना, विचारार्थ प्रस्तावित करना, प्रस्तुत करना।

propounder n. उपक्षेपक, उपस्थापक, प्रस्तोता, प्रस्तावक, प्रतिपादक।

propper n. अवलम्बक, अवलम्बदाता, आश्रयदाता, त्राता, त्राण देनेवाला, सहायक, सहारा देनेवाला।

propraetor n. (रोमन) प्रान्तपति, राज्यपाल, गवर्नर।

proprietariat n. भूस्वामिवर्ग, स्वामी-संघ।

proprietary[1] n. प्रभुत्व, स्वामित्व, आधिपत्य, अधिकार, मिल्कियत (*an exclusive ~*); स्वामी-संघ, स्वामी-वर्ग, मालिक-संघ (*landed ~*)।

proprietary[2] a. स्वामिगत, स्वामीय, स्वामी-सम्बन्धी, मालिकाना (*~ rights*); स्वाम्याधीन, अधिस्वामिक (*~ possession, share*); सम्पत्तिधारी, सम्पत्तिवान्; निजस्वमूलक, एकस्वमूलक, स्वायत्त।

proprietor n. प्रभु, स्वामी, स्वत्वाधिकारी, मालिक।

proprietorial a. स्वामीय, स्वामिगत, मालिकाना।

proprietorship n. प्रभुत्व, स्वत्व, स्वामित्व, अधिकार, स्वाम्य, माल्कियत।

proprietory a. एकायत्त।

proprietress n. स्वामिनी, स्वत्वाधिकारिणी, मालकिन।

propriety n. संगति, समीचीनता, उपयुक्तता, औचित्य; व्यवहारौचित्य, सम्यक् व्यवहार, योग्य आचरण, शिष्टता, सौजन्य, भलमनसाहत (*breach of ~*)।

props n. (pl., ग्रा०) मंच-सामग्री, मंचका सामान।

proptosis n. बहिःक्षेप, बहिःक्षेपण, प्रक्षेप, उत्क्रमण, उभार, निकलनेका भाव, बढ़े होना।

propugnation n. रक्षा, सुरक्षा; रक्षोपाय, सुरक्षात्मक कार्य।

propulsion n. प्रक्षेपण, धक्का, ठेल, पेल, दबाव; (ला०) अनुप्राणन, प्रणोदन, प्रेरणा, प्रोत्साहन, उत्तेजना, बढ़ावा।

propulsive a. प्रक्षेपी, धकेलू; अनुप्राणक, प्रणोदी,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

प्रेरक, प्रोत्साहक, उत्तेजक, बढ़ावा देनेवाला।

propylaeum n. (pl. *-ea*) देवायतन-प्रांगण, मन्दिरके सामनेका आँगन; = PROPYLON.

propylon n. तोरण, तोरण-द्वार, सिंहद्वार, सदर दरवाजा, दरवाजा खास; = PROPYLAEUM.

pro-rate v. i. आनुपातन करना, अनुपातमें बाँटना, बराबर हिस्सोंमें बाँटना।

prore n. पूर्वक, पोताग्र, जहाजका अगला हिस्सा।

prorogate v.t. संस्थगन करना, स्थगित करना, उठा देना।

prorogation n. संस्थगन, स्थगन, सत्रावसान, विराम, कार्यनिवृत्ति।

prorogue v.t. & i. संस्थगन करना, सत्रावसान करना, उठा देना; संस्थगित होना, सत्रावसान होना, उठ जाना, टालना।

prorogued a. सत्रावसन्न, संस्थगित।

pros n. पक्ष, अनुकूलताएँ; ~ & cons पक्षापक्ष।

prosaic a. गद्यरूप, गद्यात्मक, काव्य-सौन्दर्य-विहीन (~ *style*); नीरस, विरस, शुष्क, रूखा (~ *life, person*); सामान्य, साधारण, सादा, फीका।

prosaicness n. गद्यरूपता, गद्यात्मकता, काव्य-सौन्दर्य-राहित्य; नीरसता, विरसता, शुष्कता, रूखापन; सामान्यता, साधारणता, सादापन, फीकापन।

prosaism n. गद्यशैली, गद्यलेखन; अविदग्धता, असहृदयता; नीरसता।

prosaist n. गद्यकार, गद्यलेखक; गद्यप्रिय व्यक्ति, नीरस जन, असहृदय पुरुष, अविदग्ध मनुष्य।

proscenium n. (pl. *-ia*) (प्रा० रंगशालामें) रंग-मंच; (आधु०) मंचाग्र, यवनिकाका बाहरी भाग, गायन-मण्डलीका मध्यभाग।

proscribe v.t. न्यायवंचित करना, कानूनी संरक्षणसे परे करना; निष्कासित करना, निर्वासित करना, देश-निकाला देना; (विशे०, ला०) बहिष्कृत करना, अस्वीकृत करना, अवैध घोषित करना, जब्त करना; कुख्यात करना; अभिनिषिद्ध करना, नाजायज करार देना।

proscriber n. न्याय-वंचक, कानूनी संरक्षणसे परे करनेवाला; निष्कासक, निर्वासक, देशनिकाला देनेवाला; बहिष्कर्ता, अस्वीकर्ता, अवैध घोषित करनेवाला, जब्त करनेवाला; अभिनिषेधक, प्रतिषेध करनेवाला, नाजायज करार देनेवाला।

proscript n. न्यायवंचित व्यक्ति, कानून-बाहर आदमी; निष्कासित व्यक्ति, निर्वासित आदमी।

proscription n. न्यायनिषेध, अभिनिषेध, जब्ती; दण्डाज्ञा; बहिष्कार, निर्वासन, देशनिकाला।

proscriptive a. न्यायनिषेधकारी, प्रतिषेधात्मक; निष्क्रामक, निर्वासक, देशनिकाला करनेवाला।

prose[1]* n. गद्य*; (ईसा०) गद्यात्मकता, इतिवृत्तात्मकता, नग्न वास्तविकता, सादगी; अरुचिकर वार्तालाप; (गुण०) गद्यात्मक, गद्यरूप; ~man गद्यलेखक, गद्यकार; ~ poem गद्यकाव्य, काव्यात्मक गद्य।

prose[2] v.i. & t. नीरस वार्तालाप करना, शुष्क वार्ता करना; इतिवृत्तात्मक वर्णन करना; (किसी पद्यको) गद्यरूप देना, गद्यमें बदलना।

prosecutable a. अनुष्ठेय, अनुष्ठानीय, अनुशीलनीय, अनुसरणीय; अभियोज्य, अभियोजनीय, अभियोग योग्य, अभिशंस्य, अभिशंसनीय, मुकदमा चलाने योग्य, कानूनी कार्यवाही करने लायक।

prosecute v.t. अनुष्ठान करना, अनुशीलन करना, अनुसरण करना, (में) प्रवृत्त रहना, लगा रहना; (किसी व्यवसाय या व्यापारको) चलाते रहना; आगे चलाना; अभियोजित करना, अभियोग चलाना, अभिशंसन करना, मुकदमा चलाना, चालान करना (~ *the accused*); कानूनी कार्यवाही करना, पैरवी करना।

prosecuted a. अभियोजित, अभिशंसित।

prosecuter n. शवशव्यकर्मी।

prosecution n. अनुशीलन, अनुसरण, निर्वहण, अनुष्ठान; (कानून) अभियुक्ति, अभियोजन, अभिशंसन, दावा, इस्तगासा; अभियोग-पक्ष, वादपक्ष; ~ witness अभियोग-साक्षी।

prosecutor n. अभियोजक, अभियोक्ता, अभियोगी, वादी, अर्थी, अभिशंसक; public ~ लोकाभियोजक, राजकीय प्राभियोक्ता।

prosecutrix n. (pl. *-ices*) अभियोजिका, अभिशंसिका।

proselyte[1] n. स्वधर्मत्यागी, नवमतावलम्बी, धर्मग्राही, धर्मान्तरित, परधर्माश्रयी, मतान्तरग्राही; नवयहूदी।

proselyte[2] v.t. धर्मान्तरित करना, धर्मान्तरमें दीक्षित करना, धर्म-परिवर्तन करना।

proselytism n. धर्मान्तरण, धर्म-परिवर्तन, मतान्तर ग्रहण; शुद्धि।

proselytize v.t. धर्मान्तरित करना, मतान्तरित करना, शुद्ध करना आदि।

proselytizer n. धर्मान्तर करानेवाला, धर्म-परिवर्तन करानेवाला।

proser n. गद्य-लेखक; नीरस वक्ता, फीकी बात करनेवाला।

prosify v.t. & i. गद्यात्मक बनाना, गद्यान्तरित करना; गद्य लिखना, गद्य रचना।

prosiliency n. प्रामुख्य, प्रधानता, प्रमुखता; प्रलम्बता।

prosilient a. मुख्य, प्रमुख, प्रधान, बढ़ा हुआ।

prosiness n. नीरसता, रसहीनता, अरोचकता, रसहीनता, बेमजगी, बेलुत्फी।

prosing n. नीरस रूपमें लिखना, अरोचक ढंगसे लिखना या बोलना।

prosit int. शुभ हो, कल्याण हो, ईश्वर भला करे, भगवान् भला करे।

prosodiacal, prosodial, prosodic aa. छन्दः-शास्त्रीय, छन्दःशास्त्र-विषयक; छन्दीय, छांदस, छन्द-सम्बन्धी।

prosodian, prosodist nn. छन्दःशास्त्री, छन्दः-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

शास्त्र ।

prosody n. छन्दःशास्त्र, छन्दोविद्या; छन्द ।

prosopopoeia n. व्यक्तीकरण, पुरुषीकरण, (भाषण) मानवीकरण, रूप-प्रदान; कल्पित वक्ताका परिचय ।

prospect[1] n. दृश्य, दृष्टि, भावदृश्य, मनोगत दृश्य, आयति, (*opened a new* ~): आलोक, दर्शन, अग्र-दृष्टि, पूर्वेक्षण, प्रत्याशंसा, आशा, भविष्य, भविष्णुता; खनिज-प्राप्तव्य-स्थल; कच्चो धातुका नमूना; भावी ग्राहक ।

prospect[2] v.i. & t. (धातुओंकी) खानें ढूँढ़ना, स्थान खोजना; (ला०) खोजना, ढूँढ़ना, तलाशना; (खान) खोदना, पाना ।

prospection n. दूरदर्शिता, दूरदृष्टि ।

prospective[1] n. दृश्य, आयति, आलोक ।

prospective[2] a. प्रभावी, सम्भावी, भविष्य-प्रभावी, भविष्य-विषयक, भावी, भवितव्य, उत्तरकालीन, आगेका (~ *bridegroom*) ।

prospectiveness n. भविष्य, भवितव्यता ।

prospectless a. भविष्यहीन, निराशाजनक, आशा-रहित ।

prospector n. (धातुओंकी) खान खोजनेवाला, (के) क्षेत्रका अनुसन्धानकर्ता, पूर्वेक्षक ।

prospectus n. (pl. *-es*) प्राग्वेक्षण, प्रविवरण, विवरण-पत्रिका, परिचय-पत्रिका, नियमावली ।

prosper v. i. & t. सफल होना, प्रतिफलित होना; समृद्ध होना, उन्नति करना, फलना फूलना, (*cheats never* ~); कृतार्थ होना, कृतकृत्य होना; अभ्युदय करना, उन्नत करना, उदय होना, समृद्ध बनाना; साधना, सफलमनोरथ करना; बढ़ाना ।

prosperity n. श्री, ऐश्वर्य, वैभव, समृद्धि, सम्पन्नता, सम्पत्ति, विभूति; अभ्युदय, उत्कर्ष, वृद्धि; कृतार्थता; साफल्य ।

prosperous a. श्रीसम्पन्न, ऐश्वर्यवान्, समृद्ध, सम्पन्न, भरा-पूरा, फलता-फूलता (~ *merchant*); अभ्युदित, उत्कृष्ट, वर्द्धित; सिद्धार्थ, सफल, धन्य, कृतार्थ; शिव, शुभ, मंगल, कल्याणप्रद (~ *hour*) ।

prosperousness n. श्रीसम्पन्नता, ऐश्वर्यवत्ता, समृद्धि, सम्पन्नता, अभ्युदय, उत्कर्ष, वृद्धि; कृतार्थता, साफल्य, सफलता, कामयाबी ।

prospicience n. अग्रदृष्टि, अग्रदर्शन, भविष्यदर्शन, अनागत-दर्शन, भविष्य देखना, आगे देखना, आनेवाले जमानेकी ओर देखना ।

prostate १. a. पुरःस्थ; २. n. (~ *gland* भी) पुरःस्थ-ग्रन्थि, मुखशायीग्रन्थि, शिश्नग्रन्थि, बड़ी ग्रन्थि, मसानेकी ग्रन्थि ।

prostatic a. पुरःस्थग्रन्थि-विषयक, मुखशायीग्रन्थि-सम्बन्धी ।

prostatism n. शिश्नग्रन्थि-शोथ, पुरःस्थग्रन्थि-प्रदाह ।

prosthesis n. (व्या०) अक्षरागम, उपसर्ग; (शल्य०) अभावपूर्ति ।

prosthetic a. पूर्वयुक्त, संयुक्त ।

prostitute[1] n. गणिका, वेश्या, वारांगना, वारवनिता, वारनारी, छिनाल, पतुरिया, रण्डी; (ला०) भ्रष्ट व्यक्ति, भाड़ेका टट्टू ।

prostitute[2] v.t. (स्वयंको) वेश्या बनाना, रति-व्यापार करना, सतीत्व बेचना; (ला०) सम्मान बेचना, योग्यताका व्यापार करना; खराब करना, बिगाड़ना ।

prostitution n. गणिकावृत्ति, वेश्याकर्म, वेश्यावृत्ति, वारसेवा, रण्डीका पेशा, छिनालापन; दुष्प्रयोजन, व्यभिचार, बदकारी ।

prostitutor n. वेश्यापणिक, गणिका-व्यापारी, वारांगना-व्यापारी, वारवनिता-व्यापारी, वेश्या बनानेवाला, दलाल, पतुरियाबाज, रण्डीबाज ।

prostrate[1] v.t. धराशायी करना, लम्बायमान करना, भूमिगत करना, चित गिरा देना, धूल चटाना, जमीन सुँघाना; भूस्तृत होना, भूशायी होना, लेट जाना, दण्डवत् करना, साष्टांग प्रणत होना; (ला०) पराभूत करना, पराजित करना, मजा चखाना, नाक रगड़वाना; (कान्ति आदिका) क्षीण कर देना, कृश कर देना, शक्तिक्षय कर देना, पस्त कर देना, बेदम कर देना, तोड़ना, घटाना ।

prostrate[2], **-ed** aa. भूस्तृत, भूमिगत, भूशायी, दण्डवत्, लम्बायमान, साष्टांग प्रणत; पट, मुँहके बल; विषण्ण, अवसन्न, पराभूत, अपदस्थ, गिरा-पड़ा; कृश, क्षीण, तनु, जर्जर; (वन०) भूसर्पी ।

prostration n. भूलुण्ठन, भूस्तृति, दण्डप्रणाम, प्रणिपात, साष्टांग प्रणाम; पराभव, पराजय, क्षीणता, अवसाद, अवसन्नता, शक्ति-क्षय, परिक्लान्ति, पस्ती ।

prostyle n. (स्था०) ड्योढ़ी ।

prosy a. नीरस, अरोचक, बेमज़ा, बेलुत्फ ।

prosyllogism n. सहायकानुमान, पूर्वानुमानवाक्य ।

protactinium n. रश्मि-उत्पादक तत्त्व, प्रोटैक्टीनियम ।

protagonist n. नायक, मुख्य अभिनेता; नेता, अग्रणी, धुरन्धर, सर्वेसर्वा; (भ्रमा०) प्रवक्ता, अधिवक्ता, समर्थक, पक्षपोषक, हिमायती, तरफदार ।

protandrous a. पूर्वपुंपक्व, आद्यपुंविकासी, आद्यकेसर-विकासी, प्रथमपराग-सम्भावी ।

protasis n. (pl. *-ases*) प्रस्तावना, भूमिकात्मक वाक्यांश, परिचयात्मक उपवाक्य, दशाबोधक वाक्यांश ।

protatic a. प्रथम, भूमिकात्मक, प्रस्तावनात्मक; दशाबोधक, शर्ती ।

protean a. रूपान्तरणीय, अतिपरिवर्तनशील, चपल ।

protect* v.t. रक्षित करना, संरक्षित करना, सुरक्षित करना, परित्राण करना, बचाना*; (हुण्डी आदि भरनेके लिए) धनसंचय करना, रुपया जुटाना; (यन्त्रोंको सुरक्षार्थ) पालिश करके रखना ।

protectant a. रक्षी ।

protected a. रक्षित, सुरक्षित, संरक्षित, अभिरक्षित (~ *commodity, status*) ।

protection n. रक्षा, संरक्षा, सुरक्षा, परित्राण, प्रति-रक्षा, आश्रय, छत्रच्छाया, अभयहस्त; त्राण, संरक्षण,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

संरक्षकता (*under your kind* ~); संरक्षक, रक्षाकारी (*dog is a great* ~ *against burglars*); अभयपत्र ।

protectionism n. रक्षावाद, देशी उद्योगकी रक्षाका सिद्धान्त ।

protectionist n. रक्षावादी ।

protective a. संरक्षी, रक्षक, संरक्षक, सुरक्षात्मक, संरक्षणशील; (शक्तिक्षयके रोगोंसे) बचानेवाला भोजन; ~ custody सुरक्षात्मक गिरफ्तारी; ~ duty संरक्षण-कर;

~ action, ~ agency, ~ certificates, ~ characters, ~ colouration, ~ covering, ~ foods, ~ logs, ~ measure, ~ potency, ~ rates, ~ tissue, ~ trade, ~ value.

protectiveness n. रक्षकता, संरक्षकता, सुरक्षात्मकता, संरक्षणशीलता ।

protector n. रक्षक, पालक, त्राता, संरक्षक; पक्ष-समर्थक, आश्रयदाता, बचानेवाला; रक्षक वस्तु, रक्षक संरचना ।

protectoral a. राजरक्षक-सम्बन्धी ।

protectorate n. राजसंरक्षक-पद, राजसंरक्षकत्व; रक्षक शासन; रक्षित राज्य ।

protectorial a. = PROTECTORAL.

protectorship n. (लार्ड प्रोटेक्टर आफ दि कामनवेल्थका) संरक्षक पद ।

protectory n. (रोम० कैथो०) संरक्षणालय, अनाथालय, विस्थापित संस्था, उद्दण्डबालक-संस्था ।

protectress n. रक्षिका, संरक्षिका, बचानेवाली ।

protege n. आश्रित, पालित, पोष्य, उपजीवी, संरक्षणाधीन व्यक्ति ।

proteid n. = PROTEIN.

proteiform a. बहुाकृति, बहुाकार, कई आकारवाला; परिवर्तनशील आकृतिवाला ।

protein n. प्रोभूजिन, प्रोटीन ।

proteinacious, proteinic, proteinous aa. प्रोभूजीय, प्रोटीनवाला ।

protend v.t. प्रसारित करना, तानना, फैलाना, आगे निकालना ।

protensity n. कालव्यापिता, समयव्यापिता, समयके साथ चलनेवाला होना; लम्बाईमें होना, लम्बाईके अनुसार होना ।

protensive a. कालव्यापी; समयव्यापी, समयके साथ चलनेवाला; लम्बाईमें, लम्बाईके अनुसार ।

proteolysis n. (पाचकरस द्वारा) प्रोभूजांशन, प्रोभूजविभाजन, प्रोभूज पृथक्करण, प्रोटीन-विश्लेषण, प्रोटीनका अलगाव ।

proterandrous a. आद्यकेसर-विकासी, पके परागवाला ।

proterogynous a. आद्यकिंजल्क-सम्भावी, आद्यकिंजल्क विकासी, प्रथम बीजाण्ड-सम्भावी, पूर्वस्त्रीपक्व ।

proterozoic a. प्राजीव-, जीवनारम्भिक ।

protervity n. धृष्टता, शठता, मूढ़ता, मूर्खता, दुःशीलता; प्रतिकूलता ।

protest[1] n. प्रतिवाद, प्रत्यापत्ति, प्रत्याख्यान, विरोध; प्रतिवाद-पत्र, प्रत्यापत्ति-पत्र, विरोध-पत्र; (हुण्डी आदिका) विपत्रप्रमाण, अस्वीकृति-पत्र; दृढ़ोक्ति, दृढ़वचन, गम्भीर घोषणा ।

protest[2] v.t. & i. प्रतिवाद करना, प्रत्यापत्ति करना, प्रत्याख्यान करना, विरोध करना; (हुण्डी आदिका) अस्वीकृति-पत्र लिखना; दृढ़ोक्ति करना, गम्भीर घोषणा करना; प्रतिपादन करना; ~ *that* ⊙, ~ *against that* विरोध प्रकट करना ।

protestant, P- n. & a. (ईसाइयोंके प्रोटेस्टेण्ट सम्प्रदायका अनुयायी), प्रोटेस्टेण्ट ।

Protestantism n. प्रोटेस्टेण्ट धर्म ।

protestation n. प्रत्याख्यान, प्रतिवाद, प्रत्यापत्ति, विरोध; निषेधोक्ति, दृढ़वाद, दृढ़ोक्ति, गम्भीर प्रतिपादन ।

protester, protestor nn. प्रत्यापत्तिकर्ता, प्रत्याख्यानकर्ता, विरोधकर्ता ।

Proteus n. कामरूप; चंचल व्यक्ति ।

prothalamium, -ion n. (pl. *-ia*) मंगलगीत, परिणय-गीत, विवाहगीत ।

prothesis n. (व्या०) = PROSTHESIS.

prothonotary n. (रोमीय न्यायालयमें) मुख्य करणिक, मुख्य लिपिक, मुख्य सचिव ।

pro-thorax n. अग्रवक्ष ।

protista n. जीवसंघ ।

protistology n. जीवसंघविज्ञान ।

protocol[1] n. पूर्वारूप, पूर्वपत्र, मूलारूप, मूलप्रति, कच्चा मसौदा, मूल लिखावट; प्रारम्भिक सौदा, प्रारम्भिक व्यवहार, प्रारम्भिक लेन-देन; औपचारिक वार्ता; (फ्रांसमें) विदेशाधिकरण, विदेशमन्त्रालयका शिष्टाचार-विभाग; राजलेख, चार्टर, (पोपकी आज्ञाके प्रारम्भिक तथा अन्तिम) आधिकारिक सूत्र; नयाचार ।

protocol[2] v. i. & t. मूलपत्र लिखना, मूल प्रति बनाना; मूलपत्रमें अंकित करना ।

protocolist n. करणिक, रजिस्ट्रार, क्लर्क ।

protogenetic a. आद्य, आदिकालीन, अतीतकालीन, प्राचीन कालका ।

protogenic a. = PROTOGENETIC.

protogynous a. पूर्वस्त्रीपक्व, पूर्वस्त्रीकेसराग्रपक्व ।

protomartyr n. आद्य हुतात्मा, प्रथम हुतात्मा, प्रथम शहीद, (विशे० ईसाइयोंमें सेण्ट स्टीफन) ।

proton n. (भौति०) प्राणु, प्रोटोन ।

protonotary n. = PROTHONOTARY.

protoplasm n. प्ररस, प्राणरस, चिद्रस, जीवद्रव्य, जीविसार, जीवनरस, आद्यफेन, प्रोटोप्लाज्म ।

protoplasmatic, protoplasmic aa. प्ररसिक, प्राणरसिक, प्ररसीय, चिद्रसीय, जीवरसीय, जीवनरस-विषयक, प्रोटोप्लाज्म-सम्बन्धी;

~ body, ~ circulation, ~ connection, ~ matter, ~ membrane, ~ movement,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ poison, ~ respiration.

protoplast n. प्ररस या प्राणरसकी इकाई; आदर्शरूप, मूलरूप, मूलतत्त्व; आदिजन्मा, आदिपुरुष।

protoplastic a. आद्य, मौलिक, प्ररसकी इकाई आदिसे सम्बन्धित।

prototypal, prototypic, -al aa. आदर्शयुक्त, मूलादर्शीय, प्राग्रूपीय, प्रकृतरूपवाला।

prototype n. मूलवस्तु, मूलादर्श; प्राग्रूप, प्रकृतरूप, मूलाकृति, आदिरूप, आदर्शरूप।

protozoa n. (pl.) प्रजीवगण, एककोशी-जीव।

protozoal a. प्रजीव-, प्रजीवीय, एककोशी जीवोंसे सम्बन्धित।

protozoan a. & n. एककोशी जीव-वर्गका (पशु); परोपजीवी एककोशियों द्वारा फैलनेवाला (रोग)।

protozoic a. (भूगर्भ० पर्त) प्राजीविक-युगीय।

protozoon n. प्रजीव, एककोशी जीव।

protract v.t. व्याक्षिप्त करना, विलम्बित करना, लम्बा करना, ढील देना, बढ़ाना; देर लगाना (मानचित्र, खाका आदि) खींचना, तानना।

protracted a. व्याक्षिप्त, विलम्बित, सुदीर्घ, लम्बा (*~ correspondence*)।

protractible a. = PROTRACTILE.

protractile a. (जन्तु०, अंग आदि) वर्धनीय, लम्बनीय, बढ़ाने योग्य।

protractility n. वर्धनीयता, लम्बनीयता, बढ़नेकी या लम्बा होनेकी क्षमता।

protraction n. व्याक्षेप, विलम्ब, वृद्धि; (पेशीका) विस्तार, खिंचाव, तनाव; मानचित्रण, खाका, डौल।

protractive a. व्याक्षेपात्मक, विलम्बात्मक, देर लगानेवाला।

protractor n. कोणमापक, चाँदा, प्रोट्रैक्टर; प्रसारक पेशी।

protreptical a. शिक्षादायक, शिक्षाप्रद, शिक्षा देनेवाला; प्रचोदक, प्रणोदक, उत्साहदायक, जोश दिलानेवाला।

protrude v.t. & i. प्रक्षिप्त करना, उद्गत करना, उभारना, बाहर निकालना, धकेलना, ठेलना, आगे निकालना; उभरना, निकलना; (ला०) धृष्टता करना, हठात् प्रवेश करना, जबरदस्ती घुसना, दखल देना।

protrudent a. प्रक्षिप्त, प्रक्षेपित, उत्क्रान्त, आगे निकला हुआ।

protruding a. बहिर्लम्ब।

protrusible a. प्रक्षेपणीय, उत्क्राम्य, बाहर निकालने योग्य, आगे निकलने लायक।

protrusile a. (अंग आदि) प्रक्षेपी, प्रक्षेपणीय, प्रसरणशील, उत्क्रमणशील।

protrusion n. बहिःक्षेप, बहिःक्षेपण, प्रक्षेप, उत्क्रमण, प्रलम्बन, निःसरण, उभार, निकलने या बढ़े होनेका भाव।

protrusive a. प्रक्षेपणीय, प्रक्षेपणशील, आगे निकालने या निकलनेवाला।

protuberance n. प्रोद्वर्ध, शोथ, स्फीति, गिल्टी, सूजन, उभार, फुलाव।

protuberant a. प्रलम्ब, प्रोद्वर्धी, उन्नत, उच्छ्रित, उत्कृष्ट, फूला हुआ, उभरा हुआ; (शा० एवं० ला०) आगे निकला या उठा हुआ।

protuberate v. i. उभड़ना, फूलना, सूजना।

proud[1] a. गर्वी, अहंमन्य, अहंकारी, अभिमानी, दम्भी, उद्धत, घमण्डी, डींगिया; गौरवान्वित, गर्वानुभवी; स्वाभिमानी, आत्मगौरवयुक्त; (*~-hearted* भी) अभिदृप्त, दुर्विनीत, असहनशील, गर्वीला, अकड़बाज, घमण्डी; (कार्य आदि) गर्वपूर्ण, दर्पमय, अभिमानयुक्त; (वस्तुएँ) विराट्, विशाल, गुरु, महत्, आलीशान; (जल) बाढ़युक्त, बढ़ा हुआ।

proud[2] adv. (बोल०) गौरवान्वित (जैसे, *do me ~*)।

proudish a. किंचित् अहम्मानी, कुछ-कुछ गर्वीला, कुछ-कुछ अभिमानी।

proudness n. गर्वितता, अहंमन्यता, अहंकारिता, अभिमानिता; दम्भ, उद्धतता, घमण्ड; गौरवान्विततता, गर्वानुभव; स्वाभिमानता, आत्मगौरवयुक्तता; अभिदृप्तता, दुर्विनीतता, घमण्ड।

provable a. साध्य, प्रमाण्य, उपपाद्य, साबित या सिद्ध करने योग्य।

provableness n. साध्यता, प्रमाण्यता, उपपाद्यता; प्रामाणिकता।

provand n. घास, चारा, भूसा; (हास्य०, मनुष्यका) भोजन, खाना, दाना-पानी।

prove v.t. & i. परीक्षण करना, परखना, (बन्दूक आदिको) परीक्षण-प्रक्रियाधीन करना, जाँचके लिए भेजना; (हिसाब इत्यादिका) अनुगणन करना, जाँचना; शोध्य निकालना, प्रूफ निकालना; प्रमाणित करना, उपपन्न करना, निश्चित करना, पुष्ट करना, सिद्ध करना, साबित करना; सिद्ध या प्रमाणित होना, निकलना।

proved a. सिद्ध, प्रमाणित, प्रतिपादित।

proveditor n. (विनीशियन प्रजातन्त्रका) प्रान्तपति, राज्यपाल, गवर्नर, प्रोवेडिटर।

provedore n. (सेनाका) भण्डारी।

proven ⊙ a. = PROVED.

provenance n. प्राप्तिस्थान, जन्मभूमि, मूलस्थान, उद्भवस्थल, उद्गम-स्थान (*of doubtful ~*)।

provender n. पशुभोज्य, सूखी घास, चारा, भूसा; (हास्य०, मनुष्यका) खाद्य, भोजन, खाना, दाना-पानी।

provenience n. मूल, स्रोत, मूलोद्गम, उत्पत्तिस्थान, उद्गमस्थल।

prover n. प्रयत्नकर्ता, प्रयत्न करनेवाला; परीक्षक, परखनेवाला, आँकनेवाला; (हिसाब इत्यादिका) अनुगणक, जाँचनेवाला; शोधक, प्रूफरीडर; प्रमाणक, उपपादक, उपपादयिता, प्रमाणित करनेवाला, सिद्ध करनेवाला, साबित करनेवाला।

proverb n. न्याय, लोकोक्ति, कथोक्ति, लोकरूढ़ि,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

आभाणक, लोकवाद, जनोक्ति, जनवाद, कहावत, ममल; कहावतका खेल; (बहुव०) घेर, मण्डलके खेल; Book of P~s (पुराने टेस्टामेण्टमें) लोकोक्तिग्रन्थ; *ignorant to a ~* बुरी तरह अजान।

proverbial a. लोकवादीय, लोकोक्तीय, कथोक्तीय, लोकरूढि-विषयक, कहावत-सम्बन्धी; लौकिक, लोकप्रसिद्ध, लोकप्रचलित, सर्वख्यात; कुख्यात, बदनाम।

proverbialism n. लोकवाद, लोकोक्तिवाद, लोकोक्ति-रूपमें कथन, कहावत।

proverbialist n. आभाणकवादी, लोकोक्तिवादी।

proverbiality n. लोकप्रसिद्धि; जनप्रवाद, कुख्याति।

proverbialize v.t. आभाणकीयित करना, लोकोक्ति-का रूप देना, कहावत बना देना।

proviant n. (विशे० सैन्य) खाद्य, भोज्य, भोज्य-सामग्री, खाद्य-पदार्थ।

provide v. i. & t. (मनोरंजन आदिका) सम्भरण करना, संयोजन करना, प्रबन्ध करना, जुटाना; (व्यक्तिके लिए कानूनमें) कहना, धारा निश्चित करना; निवेशित करना, प्रदान करना, देन; आवश्यकता पूर्ति करना, गुंजायश रखना; पूर्वसंग्रहण करना, उपार्जन करना, पूर्व-संचय करना; (इति०, कामपर) नियुक्त करना, लगाना; सजाना, तैयार करना; सजना, तैयार होना।

provided a. सम्भृत, अन्वित, निवेशित, सहायता-प्राप्त, इमदादी; प्रस्तुत, निर्दिष्ट, उपबन्धित; प्रदत्त, दिया हुआ *~ (that)*; इस शर्तपर, यदि, परन्तु।

providence n. सुविमर्श, सुसमीक्षा, पूर्वोपाय, पूर्व-प्रबन्ध, पूर्वविधान, पूर्वविवेक, सामयिक चिन्ता, दूर-दर्शिता, दूरदृष्टि; अल्पव्यय, मितव्यय, किफायत; विधाता, दैव, ईश, भगवान्; भगवत्कृपा; special *~* भगवत्कृपा-का विशेष दृष्टान्त, प्रभुकी विशेष अनुकम्पा।

provident a. विवेकी, विवेकपूर्ण, दूरदर्शितापूर्ण, दूर-दर्शी, खबरदार; मितव्ययी, किफायती; *~ fund* संचित-कोष, भविष्यनिधि, सम्भरण-निधि।

providential a. दैवी, दैवाधीन, दैवकृत, ईश्वरीय; भाग्यवान्, सौभाग्यशाली।

provider n. सम्भर्ता, निवेशक, प्रदाता, जुटानेवाला; (शा० एवं ला०) lion's *~* सियार; universal *~* बिसाती।

providing conj. बशर्ते, यदि।

province n. प्रान्त, प्रदेश, सूबा; कार्यक्षेत्र, अधिकार-क्षेत्र (*not within my ~*); विभाग, प्रकरण, विषय (*in the ~ of literature*)।

provincial[1] n. प्रान्तीय, प्रान्तवासी, प्रान्तोंका निवासी व्यक्ति; देशीय, ग्रामीण, देहाती; (ईसा०; बड़े पादरीके अधीनस्थ क्षेत्रका) प्रधान, धर्माध्यक्ष।

provincial[2] a. प्रान्तीय, प्रादेशिक; प्रान्तीयतावादी; *~ affairs, ~ allotment, ~ autonomy, P~ Civil Service, ~ government, ~ high-ways, ~ legislature, ~ loan, ~ revenues, ~ scheme, ~ staff, ~ subject, ~ unit.*

provincialism n. प्रान्तवाद, प्रान्तीयता, प्रान्तप्रेम; असंस्कृत प्रयोग, प्रान्तीय प्रयोग, ग्राम्य भाषा; प्रान्तीय रहन-सहन, प्रान्तीय विचार-पद्धति; संकीर्णता।

provinciality n. प्रान्तीयता।

provincialize v.t. प्रान्तीयकरण करना, प्रान्तीय बनाना, प्रान्तके अनुसार ढालना।

provision[1] n. (किसीके पक्ष-विपक्षमें) प्रकल्पन, नियोजन, विधान, व्यवस्था, प्रबन्ध; सम्भार, पाथेय, प्रदत्त सामग्री, सामान; (इति०) अरिक्त पदपर नियुक्ति; (pl.) सम्भरण, खाद्य सामग्री, रसद; निवेश, सविधा, उपबन्ध, प्रावधान, बँधान, शर्त; विधान, अवधानधारा, नियम।

provision[2] v.t. सम्भरित करना, नियोजित करना, विहित करना, व्यवस्थित करना, प्रबन्धित करना; सम्भृत करना, पाथेययुक्त करना।

provisional a. सामयिक, अस्थायी, अल्पकालीन, अन्तःकालीन, व्यवस्थायी, कार्यनिर्वाही, कामचलाऊ (जैसे, *~ government*); औपबन्धिक, कच्चा, कच्ची (जैसे, *~ receipt*)।

provisionality, provisionalness nn. अस्थायित्व, अल्पकालीनता, अन्तःकालीनता, कार्यनिर्वाहित्व, कामचलाऊपन।

provisionary a. = PROVISIONAL.

provisionless a. साधनहीन; सम्भरणरहित, बिना रसद।

provisionment n. सामग्री-प्रदान, साधन या सामान आदिका प्रबन्ध।

proviso n. परन्तुक, निवेश, उपबन्ध, प्रावधान, शर्त, बँधान; अवधानधारा, शर्तकी धारा।

provisor n. मोदी, भण्डारी; (इति०) अरिक्त स्थानपर नियुक्त व्यक्ति; (रोम० कैथो० गिर्जा०) विकर-जनरल।

provisory a. अस्थायी (*~ care*); निवेशात्मक, उपबन्धात्मक, सप्रतिज्ञ, शर्ती, बँधानी।

provocation n. प्रणोदन, प्रचोदन, उद्दीपन, उत्तेजना, उद्बोधन, प्रेरणा; आवेश, प्रकोप, उकसाहट, चिढ़, छेड़, तैश।

provocative a. प्रणोदक, प्रचोदक, उद्दीपक, उत्तेजक, उद्बोधक, प्रेरक; आवेशी, प्रकोपक, प्रकोपी, प्रकोपकारी, चिढ़बाज, तैशमें आ जानेवाला।

provocativeness n. प्रणोदकता, प्रचोदकता, उद्दीपकता, उत्तेजकता, प्रेरकता; आवेशिता, प्रकोपकता, चिढ़बाजी, तैशमें आ जाना; प्रकोप, चिढ़, तैश।

provocator n. प्रकोपक, प्रणोदक, उत्तेजक।

provokable a. प्रणोद्य, प्रचोद्य, प्रचोदनीय, उद्दीप्य, उद्दीपनीय, उत्तेज्य, उत्तेजनीय, प्रेरणीय, प्रेरणा देने योग्य, तैशमें लाने लायक।

provoke v.t. प्रणोदित करना, प्रचोदित करना, उद्दीप्त करना, उत्तेजित करना, प्रेरित करना; प्रकुपित करना, क्रोध दिलाना, उकसाना, छेड़ देना, चिढ़ाना, उभारना, उकसाना, तैश दिलाना, छेड़ना।

provoker n. प्रणोदक व्यक्ति या वस्तु, प्रचोदक व्यक्ति

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

या वस्तु, उत्तेजक व्यक्ति या वस्तु, प्रेरक व्यक्ति या वस्तु, छेड़नेवाला।

provoking a. प्रणोदक, प्रचोदक, उद्दीपक, उत्तेजक, प्रेरक; प्रणोदनात्मक, उद्दीपनात्मक, प्रेरणात्मक; प्रकुप्त करनेवाला, क्रोध दिलानेवाला, उकसानेवाला, छेड़नेवाला, चिढ़ानेवाला, तैश दिलानेवाला।

provost n. (ऑक्सफर्ड इत्यादिमें) प्रधानाचार्य, प्रोवोस्ट; (इति०) धर्माचार्य, महन्त; (स्कॉट०) नगर-निगमोंका अध्यक्ष; (जर्मनीमें गिर्जाघरका कार्यवाहक) प्रोटेस्टैण्ट पादरी; ~ marshal आरक्षि-महाधिपति, प्रोवस्ट मार्शल, कोतवाल।

provostship n. प्रोवोस्टका पद या कार्य।

prow[1] n. पूर्वक, पोताग्र; (जन्तुवि०) पोताग्रवत् बाहरकी ओर प्रक्षिप्त भाग।

prow[2] a. (प्रा०) शूर, वीर, पराक्रमी, साहसी, सूरमा, दिलेर।

prowess n. शौर्य, वीर्य, वीरता, पराक्रम, पौरुष, ओज, प्रताप, दिलेरी।

prowl[1] n. (शिकारकी) टोह, खोज; विभ्रमण, विचरण; *on the* ~ खोजमें, टोहमें।

prowl[2] v. i. & t. (शिकारकी) टोहमें घूमना, छुछुआना, दबे पाँव खोजना; फिरना, खोजते फिरना; लूटमार करना।

prowler n. आखेटक, आखेटक्रीडक, शिकारी।

prowling n. आखेटन, आखेट-क्रीड़ा, विभ्रमण, शिकारके लिए घूमना।

proximal a. = PROXIMATE.

proximate a. संसक्त, सन्निकट, समीप, आसन्न, निकटस्थ, लगा हुआ, सटा हुआ; अनुमित, लगभग, निकटतम; ~ cause संसक्त कारण, निकटतम कारण, तात्कालिक हेतु; ~ object तात्कालिक कार्य, आसन्न उद्देश्य।

proximity n. संसक्तता, सन्निकटता, आसन्नता, निकटता, सन्निधि, सान्निध्य, समीपता; ~ of blood रक्त-सम्बन्ध।

proximo a. अग्रमासीय, अग्रमास-विषयक, आगामी मास-सम्बन्धी, आनेवाले महीनेका।

proxy n. प्रतिनिधित्व, प्रतिपुरुषत्व, प्रतिताधिकार, प्रतिताशक्ति, एवजी (*married, voted, by* ~); प्रतिनिधि, प्रतिपुरुष; प्रतिनिधिपत्र, प्रतिपत्री; प्रतिनिधि द्वारा प्रदत्त मत।

proxyship n. प्रतिनिधि-कार्यालय, प्रतिपुरुष-कार्यालय; प्रतिनिधि-पद; प्रतिनिधित्व, प्रतिपुरुषत्व, प्रतिहस्तता।

prude n. अतिसुशीला, अत्यधिक विनीता, विनयशीला स्त्री, विनयदम्भी, मिथ्याविनयी नारी।

prudence n. मनीषा, नीतिज्ञता, दीर्घ दृष्टि, विवेक, प्राज्ञता, बुद्धि, व्यवहारकुशलता, दूरदर्शिता, दुनियादारी; मितव्ययिता।

prudent a. प्राज्ञ, नीतिज्ञ, मनीषी, जागरूक, विवेकी, दूरदर्शी, सतर्क, सावधान, चतुर, सयाना, समझदार, चौकस, चलता-पुर्जा; मितव्ययी।

prudential[1] n. (pl. में) नीति, विवेक, समझदारी।

prudential[2] a. सविवेक, विवेकशील, विवेकयुक्त, नीतिज्ञतापूर्ण, प्राज्ञ, समझदार।

prudentialism n. विवेकशीलता, नीतिमत्ता, समझदारी; दूरदर्शितावाद।

prudentialist n. विवेकशील, नीतिज्ञ, दूरदर्शी, समझदार; विवेकवादी, नीतिवादी, दूरदर्शितावादी।

prudentiality n. विवेकशीलता; दे० PRUDENTIALISM, PRUDENCE.

prudery, prudishness nn. अतिसुशीलता, विनयदम्भ, मिथ्याविनय, अतिविनीतता।

prudish a. अतिसुशील, मिथ्याविनयी, विनयदम्भी; अतिसुशीला स्त्रीकी तरह।

prudishness n. = दे० PRUDERY.

prunable a. अधिकृन्त्य, अधिकृन्तनीय, विशोध्य, विशोधनीय, कतरने योग्य, काटने योग्य, छाँटने योग्य, तराशने लायक; मोच्य, मोचनीय, मुक्त करने योग्य, अनावश्यक विषय छाँट देने योग्य।

prune[1] n. वातामबदर, सूखा बेर, आलूबुखारा।

prune[2] v.t. (शाखाओं इत्यादिका) अधिकृन्तन करना, विशोधन करना, कतरना, काटना, छाँटना, तराशना; (ला०, पुस्तक आदिको फालतू बातोंसे) मुक्त करना, अनावश्यक विषय छाँट देना; सजाना, सँवारना (*off, away* के साथ)।

prunella[1] n. एक मोटा रेशमी कपड़ा।

prunella[2] n. वर्धकि शाक, (बुखारमें काम आनेवाला) एक पौधा; एक प्रकारका ज्वर तथा गलेका रोग।

prunello n. (pl. *-s*) उत्तम आलूबुखारा।

pruner n. अधिकृन्तक, विशोधक, कतरनेवाला, काटनेवाला, छाँटनेवाला, तराशनेवाला; हँसिया, दरान्ती; (ला०, पुस्तक आदिकी फालतू बातोंका) शोधक, अनावश्यक बातें छाँट देनेवाला।

pruniferous a. सबदर, बेरयुक्त, बेरसे लदा हुआ।

pruning n. अधिकृन्तन, विशोधन, कटाई, छँटाई, तराश (~ *knife*); मुक्ति, मोचन, अनावश्यक बातोंकी छँटाई।

prunt n. सजावटी शीशा।

prurience, -ency nn. कामुकता, लम्पटता, कामातुरता, दुश्चरित्रता।

prurient a. कामुक, कामातुर, लम्पट, दुर्वासना-ग्रस्त, दुश्चरित्र; (क्व०) अस्वस्थ कामनावाला।

pruriginous a. कण्डुजनक, कण्डूयन-, चुनचुनी लानेवाला, तेज खुजली पैदा करनेवाला।

prurigo, -itus nn. कण्डु रोग, खर्जन, चुनचुनी, खाज, खुजली।

pruritus n. = दे० PRURIGO.

prussic a. प्रशियायी नीले रंगका या उससे निकला हुआ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

pry v. i. सूक्ष्म निरीक्षण करना, जिज्ञासापूर्वक देखना, सकुतूहल देखना, झाँकना, निरखना, गौरसे देखना; (मामलेका) पता लगाना, भेद लेना, टोह लेना, जानकारी करना; पुरस्कृत करना, इनाम देना ○ ।

prying १. n. सूक्ष्म निरूपण, अन्वेषण, टोह; २. a. सूक्ष्म-निरीक्षणकारी, निरखनेवाला, टोह लगानेवाला, ताक-झाँक करनेवाला ।

prytaneum n. (यूनानी पुरातत्त्व) सार्वजनिक शाल, हॉल ।

prythee int. विनय है, प्रार्थना है, विन्ती है ।

psalm n. स्तोत्र, भजन, भक्तिगान, धर्मगीत; ~-book स्तोत्रग्रन्थ, (प्राचीन टेस्टामेण्टके अन्तर्गत) भजनोंकी एक पुस्तक; the (Book of) P~s, P~s of David स्तोत्र-संग्रह, भजन-संग्रह ।

psalmist n. स्तोत्रकार, गीतकार, भजन-रचयिता; the P~ स्तोत्रकार डेविड ।

psalmodic a. स्तोत्रगायन-विषयक, भजन-कीर्तन-सम्बन्धी ।

psalmodist n. स्तोता, भजनकार, कीर्तन-निपुण ।

psalmodize v. i. स्तोत्रगायन करना, भजन गाना, कीतन करना ।

psalmody n. स्तोत्रगान, भजनगान, धर्मगीत गाना; स्तोत्रिकी, स्तोत्रसंग्रह, भजनसंग्रह, धर्मगीत-संहिता ।

psalter n. स्तोत्र संहिता, भजनसंग्रह; (विशे० सार्वजनिक उपासनार्थ) स्तोत्रसंग्रहकी प्रति ।

psaltery n. सारंगी, एक प्रकारका मध्ययुगीन वाद्ययन्त्र ।

pschent n. मिस्रीय द्विशासन, मिस्री शासनद्वय, (उच्च और निम्न मिस्रका प्राचीन संयुक्त साम्राज्य) ।

psellism n. वाग्दोष, वाणी-विकार, भाषण-त्रुटि, बोलनेकी गड़बड़ी; सदोष गणना, त्रुटियुक्त प्रगणा, गलत गिनती ।

pseudechis n. (जीववि०) छद्मसर्प (~ *poisoning*) ।

pseudepigrapha n. pl. छद्मलेख, मिथ्यालेख, झूठा ग्रन्थ ।

pseudepigraphal, -phical aa. छद्मलेख-सम्बन्धी, झूठा, नकली ।

pseudepigraphy n. मिथ्यालेखकके नामकी लिखाई ।

pseudoblepsia n. विपर्यस्त दृष्टि, सदोष दृष्टि, दोषयुक्त दृष्टि, त्रुटिमय दृष्टि ।

pseudoblepsis n. दृष्टि-विपर्यास, दृष्टि-विपर्यय, दृष्टि-दोष, दृष्टि-विकार ।

pseudo-Christian n. छद्मवेशी ईसाई, बनतू ईसाई ।

pseudo-classic n. कूटशास्त्रीय, कपटशास्त्रीय, कल्पितशास्त्रीय ।

pseudo-crystal n. कूट स्फट, छद्म-मणिभ, नकली बिल्लौर ।

pseudo-form n. छद्मरूप, कूटरूप ।

pseudograph n. प्रक्षिप्त रचना, मिथ्या कृति, कूटलेख, कूटरचना, जाली ग्रन्थ ।

pseudologer n. (हास्य०) कूटतार्किक, तर्कपूर्ण असत्यभाषी, लबारी ।

pseudological a. कूटतर्क-विषयक, तर्कपूर्ण असत्य-सम्बन्धी ।

pseudologist n. कूटतर्कवादी, तर्कपूर्ण असत्यवादी ।

pseudologue n. असद्विज्ञानी, अनृतविज्ञानी, मिथ्याशास्त्री; असत्कथयिता, अनृतभाषी, मिथ्यावादी, लबारी ।

pseudology n. असद्विज्ञान, अनृतविज्ञान, मिथ्याशास्त्र, मिथ्याविद्या ।

pseudomania n. असद्विक्षेप, कूटोन्माद, मिथ्याभाषणोन्माद (वह अवस्था जिसमें व्यक्ति अपनेको अकृत दोषोंसे युक्त बताता है) ।

pseudomaniac n. = PSEUDOLOGUE.

pseudomerism n. आभासावयवता, कूटभाजता ।

pseudomorph n. कूटरूप, कपटरूप, छद्मरूप, मिथ्यारूप, जाली शक्ल; (विशे०, खनिज०) नकली स्फटिक ।

pseudomorphic, pseudomorphous aa. कूटरूपीय, कपटरूपीय, छद्मरूपधारी, मिथ्यारूपयुक्त, जाली शक्लका ।

pseudomorphism n. कूटरूपता, कपटरूपता, छद्मरूपता, मिथ्यारूपता ।

pseudomorphosis n. कूटरूपान्तर, कपटरूपान्तर, छद्मरूपपरिवर्तन ।

pseudonym n. उपनाम, छद्मनाम ।

pseudonymity n. उपनामीयता, उपनामधारण, कल्पितनामग्रहण ।

pseudonymous a. उपनामीय, उपनामधारीय, कल्पितनाम-सम्बन्धी ।

pseudopregnancy n. मिथ्या गर्भ ।

pshaw[1] n. धिक्कार, छी, थुड़ी ।

pshaw[3] v.i & t. धिक्कारना, छि:-छि: करना, थू-थू करना; विरक्ति व्यक्त करना, घृणा दिखाना ।

pshaw[2] intr. धिक्, छि:-छि:, थू-थू, राम-राम, फिश् ।

psi n. यूनानी भाषाका एक अक्षर ।

psilanthropism n. नास्तिकता, अवतार-खण्डन, (यह सिद्धान्त कि ईसा केवल मनुष्य थे) ।

psilanthropist n. नास्तिक, अवतारविरोधी, खिष्ट-विरोधी, ईसाको केवल मनुष्य माननेवाला व्यक्ति ।

psilanthropy n. = PSILANTHROPISM.

psilosis n. केशोन्मूलन, केशाभाव, चण्डुलता, चँदुलापन; मांसोन्मूलन, मांसाभाव, मांसहीनता ।

psittaceous a. कीरीय, कीर-विषयक, शुक सम्बन्धी, तोतेका ।

psittacine a. कीरवत्, कीर-सदृश, शुक-सदृश, तोते-जैसा ।

psittacosis n. संक्रामक कीररोग, सिटकॉसिस, (तोतोंका मनुष्योंमें फैलनेवाला रोग) ।

psoas n. नितम्ब-पेशी ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

psora n. कण्डु, चुल, खाज, खारिश, खुजली।

psorous a. कण्डूयुक्त, खर्ज्जनमय, खाजयुक्त, खुजलीवाला।

psychasthenia n. मनोदौर्बल्य।

psyche n. मन, मानस, चित्त, प्राण, अन्तःकरण, जीवन-तत्त्व, सूक्ष्म शरीर; (जीववि०) स्थूलशलभ-प्रजाति, दिनपतंग।

psychiatric, -al aa. मनोविकार-सम्बन्धी, मनश्चिकित्सीय, मस्तिष्क चिकित्सा-सम्बन्धी।

psychiatrics n. मनोविकार-विज्ञान, मनश्चिकित्सा।

psychiatrist n. आधिविज्ञ, मनश्चिकित्सक, मनोरोग-वैद्य।

psychiatrize v.t. आधि-चिकित्सा करना, मानस-रोग-चिकित्सा करना, मनोरोग-चिकित्सा करना।

psychiatry n. आधिविज्ञान, मनोरोग-चिकित्सा, मनोविकार विज्ञान (~ *department*)।

psychic[1] n. संवेदनशील व्यक्ति, धारणाशील व्यक्ति; साधन, माध्यम; (बहुव०) मनोविज्ञान; मनोवैज्ञानिक शोध।

psychic[2] a. मानस, मानसिक; ~ force मनोबल, आत्मिक बल, मानसिक शक्ति, अन्तःशक्ति।

psychical a. मानस, मानसिक; मनोविषयक; मानव-जीवन-सम्बन्धी; आन्तरिक, मनोव्यापार-सम्बन्धी; आत्मिक।

psychicism n. आत्मवाद, अध्यात्मवाद, आध्यात्मिकता।

psychicist n. आत्मवादी, अध्यात्मवादी।

psychism n. आत्मवाद, अध्यात्मवाद, सार्वभौमात्मवाद, विश्वात्मवाद।

psychist n. आत्मवादी, अध्यात्मवादी; मानसशास्त्री, मनोविज्ञानी।

psycho-analyse v.t. मनोविश्लेषण करना, मनोगाहन करना।

psycho-analysis n. मनोविश्लेषण, मनोगाहन।

psycho-analyst n. मनोविश्लेषक, मनोगाहक; मनोविश्लेषणवादी।

psycho-analytic a. मनोवैश्लेषिक, मनोगाहनीय।

psychodynamic a. मानस-क्रिया-विषयक, मनःक्रिया-सम्बन्धी।

psychogenesis n. = PSYCHOGONY.

psychogenic a. मनोजात, मानसिक।

psychogony n. मानसोत्पत्ति, मनोजनन, मनकी उत्पत्ति; आत्मोत्पत्ति, आत्म-जनन, आत्माकी उत्पत्ति।

psychogram n. मानस-लेख, मनोलेख, मनःसूचना, मनःसमाचार, किसी परी या योगिनी द्वारा दिया गया समाचार।

psychograph n. योगिनी-भाचित्र, योगिनी चित्र, परीकी तस्वीर; मानसचित्र, मानसचित्रण, मनश्चित्रण।

psychography n. वर्णनात्मक मनःशास्त्र, वर्णनात्मक मानसशास्त्र, वर्णनात्मक मनोविज्ञान।

psychologic, -al aa. मनोवैज्ञानिक; मानसिक, मानसकीय; ~ moment मनोवैज्ञानिक क्षण, मनोवैज्ञानिक दृष्टिसे उपयुक्त काल; (असंगत, विशे० हास्य०) ठीक समयपर, ऐन वक्तपर।

psychologist n. मानसशास्त्री, मनोवैज्ञानिक, मानसविज्ञ।

psychologize v.t. & i. मनोविश्लेषण करना, मानसान्वेषण करना; मनोविज्ञानीकरण करना, मनोविज्ञानी ढंगसे विवाद करना।

psychology n. मानसिकी, मनःशास्त्र, मानसशास्त्र, मनोविज्ञान; मनोवृत्ति।

psychomancy n. पिशाच-विज्ञान, पिशाच-शास्त्र, प्रेत-विद्या।

psychometrist n. मनोमितिज्ञ।

psychometry n. मनोमिति।

psychoneurosis n. मनस्ताप, मानसार्ति।

psychonosology n. मनोविपर्यय, मानस-विपर्यय, मनोविक्षेप, चित्त-विभ्रम, बुद्धि-भ्रंश, पागलपन।

psychopath n. विकृतमना, मनोविपर्यय-युक्त व्यक्ति, मानस-विपर्ययवान् व्यक्ति, मनोविक्षेपी, चित्त-विभ्रमी, बुद्धि-भ्रष्ट व्यक्ति, पागल आदमी; मनोविपर्यय-चिकित्सक चित्त-विभ्रम-वैद्य, पागलपनका हकीम।

psychopathic a. मनोविपर्यय-विषयक, मानस-विपर्यय-सम्बन्धी, मनोविक्षेप-विषयक, चित्तविभ्रम-सम्बन्धी, बुद्धि-भ्रंश-सम्बन्धी, पागलपनका।

psychopathist n. मनोविपर्यय-चिकित्सक, मानस-रोग-चिकित्सक, आधिविज्ञानी, चित्तविभ्रम-वैद्य, बुद्धि-भ्रंश-वैद्य, पागलपनका हकीम।

psychopathology n. मनोवैकारिकी, आधि-विज्ञान, मनोरोग-विज्ञान, मानसरोग-शास्त्र, मनकी बीमारियोंकी साइंस।

psychopathy n. मनोविपर्यय, मानस-विपर्यय, मनोविक्षेप, मनोविकृति, मनोविकार, चित्त-विभ्रम, बुद्धिभ्रंश, पागलपन।

psychophysical a. मनोदैहिक, मनोदेहीय, मनोदेह-विषयक।

psychophysicist n. मनोदैहिकीवत्, मनोदेह-विज्ञानी, मनोदेह-शास्त्री, मनोविज्ञानी, मनःशास्त्री, मानसशास्त्री।

psychophysics n. मनोदैहिकी, मनोभौतिकी, मनोदेह-विज्ञान, मनोदेह-शास्त्र, मनोविज्ञान।

psychosis n. (pl. *-oses*) मनोविकृति, मनोरोग, दुःसाध्य उन्माद, मनोविक्षिप्ति।

psychotherapeutics n. मनश्चिकित्सा, मनोरोग-चिकित्सा, मानस-चिकित्सा, चित्त-वैद्यकी।

psychotherapist n. मनश्चिकित्सक, मनोरोग-चिकित्सक, मानस-चिकित्सक, चित्तवैद्य।

psychotherapy n. = PSYCHOTHERAPEUTICS.

ptarmigan n. भटतीतरकी जातिका पक्षी।

pteridological a. पर्णशास्त्रीय, पर्णविद्या-सम्बन्धी।

pteridologist n. पर्णांग-शास्त्री, पर्णविद्या-विशारद।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

pteridology n. पर्णांगविज्ञान, फर्नोंकी जानकारी।
pterocarpous a. सपक्षबीज, सपक्षबीजी, रोमिलबीज, लोमशबीजी, पखनेदार बीजवाला; सपक्षफल, पंखदार फलवाला।
pteropus n. (pl. *-pi*) वाग्गुद, चमगीदड़।
pterygoid a. (श० र० शा०) त्र्यंगक (~ *process*)।
ptisan n. पथ्य पेय।
ptochocracy n. भिक्षुतन्त्र, भिक्षुक-तन्त्र, निर्धन-शासन, भिखारियोंकी सरकार।
ptomaine n. क्षाराभ, क्षारगन्ध, सड़ाँध; (~ *poisoning*); मांसकी सड़ाँधसे उत्पन्न उपक्षार।
ptosis n. अक्षिपुट-पतन, अक्षिपुट-प्रक्षेप, आँखके ऊपरी पुटका पक्षाघात; स्थान-भ्रंश।
pub n. (बोल०) सार्वजनिक मद्यपानगृह, मद्यशाला, मदिरालय, शराबखाना, चण्डूखाना, भठियारखाना, ठेका; धर्मशाला, सराय; सार्वजनिक भवन, जनता-भवन।
puberal a. तारुण्यीय, तारुण्य-विषयक, वयस्कता-विषयक, प्रौढ़दशा-सम्बन्धी, यौवनावस्था-विषयक, सयानेपनका।
puberty n. तारुण्य, तारुण्यागम, वयस्कता, प्रौढ़दशा, यौवनावस्था, सयानापन; *age of* ~ वयःसन्धि, किशोरावस्था।
puberulent, -lous a. तरुण, मृदु; रोमश, मृदुलोमश, (विशे०) झाँटदार।
pubes n. शिश्न-रोम, लिंगोपरिबाल, पशम, झाँट।
pubescence n. वयःप्राप्ति, वयःपरिणति, प्रौढ़ता, युवावस्था, तारुण्यागम, यौवनागम; (वन० एवं जन्तुवि०) मृदु लोम, तूल रोम, लोमावरण, मृदुलोमशता।
pubescent a. तरुण, प्रौढ़, वयःप्राप्त, युवा, प्राप्तयौवन; तूलरोमश, मृदुलोमश, रोमकावृत, रोयेंदार।
pubic a. पुरोनितम्ब- (~ *bone*)।
pubis n. अग्रवस्तिका, पुरोनितम्ब, पुरोनितम्बास्थि।
public[1] n. लोक, जन, जनसाधारण, प्रजा, जनता, लोग, पब्लिक।
public[2]* a. लोक-*, जन-, सार्वजनिक*, सार्वलौकिक, सामान्य लोकका, साधारण जनताका; लोककृत, लोकार्थ; लोकप्रसिद्ध, सर्वप्रचलित; अगूढ़, अगुप्त; राजकीय, सरकारी (~ *debt*); विश्वविद्यालयी, विश्वविद्यालयार्थ; सर्वजनहिताय, लोकसेवारत; ~ spirit जन-भावना, देशभक्ति; *in* ~ स्पष्टरूपेण, सार्वजनिक रूपसे, खुले आम, गुहारकर, एलानिया; *~'s voice is God's voice* पंच परमेश्वर, जनताकी आवाजको भगवान्‌की वाणी समझो;
~ account, ~ activity, ~ administration, ~ affairs, ~ agent, ~ building, ~ career, ~ carrier, ~ concern, ~ confidence, ~ conveyance, ~ criticism, ~ debt, ~ demand, ~ demonstration, ~ entertainment, ~ examination, ~ function, ~ fund, ~ good, ~ health, ~ holiday, ~ institution, ~ interest, ~ library, ~ life, ~ loan, ~ notification, ~ nuisance, ~ offence, ~ opinion, ~ orator, ~ order, ~ place, ~ prosecution, ~ road, ~ safety, ~ school, ~ servant, ~ service, ~ tariff, ~ trial, ~ utility, ~ utterance, ~ vehicle, ~ works.
publican n. (रोमन इति० तथा नये टेस्टामेण्टमें) शौण्डिक मद्यविक्रेता, सुरागृहपाल, भठियारा।
publication n. प्रकाशन; प्रख्यापन; प्रकाशित पुस्तक।
publicism n. वृत्तकारिता, पत्रकारिता; अन्तर्राष्ट्रीय विधान-शास्त्र।
publicist n. वृत्तकार, पत्रकार; अन्तर्राष्ट्रीय विधान-शास्त्री, अन्तर्राष्ट्रीय विधानकार।
publicistic a. अन्तर्राष्ट्रीय विधानशास्त्रीय।
publicity n. प्रकाशन, प्राकाश, प्रकाशता; विश्रुति, प्रसिद्धता, प्रसिद्धि, प्रख्याति; विज्ञापन, प्रख्यापन, प्रचार; ~ agent प्रचाराभिकर्ता, विज्ञापन-प्रतिनिधि।
publicize v.t. वृत्तकारिता करना, पत्रकारिता करना; अन्तर्राष्ट्रीय विधान लिखना; प्रचार करना।
publicness n. सार्वजनिकता, सार्वलौकिकता, लोकसामान्यता; लोककृतता, लोकार्थता; सर्वजनहित भावना, लोकसेवारति।
publish v.t. घोषणा करना, प्रचार करना, खुल्लमखुल्ला कहना; औपचारिक रूपसे घोषणा करना, प्रख्यापित करना, प्रचारित करना, जारी करना; (स्वयवरकी सूचना) पढ़ना, पूछना; (पुस्तकों आदिको) प्रकाशित करना, छापना।
publishable a. प्रचारणीय, प्रख्यापनीय, प्रकाश्य, प्रकाशनीय।
published n. प्रकाशित।
publisher n. प्रचारक, प्रख्यापक; विज्ञापक; प्रकाशक।
publishment n. (अमरीका) विवाह-सूचना-प्रकाशन, विवाहकी घोषणा।
puce a. नवरक्त, बैंजनी भूरा रंग।
pucelage n. कौमार्य, कुमारत्व, कुमारता, कुँवारापन।
puck[1] n. भूत, पिशाच, प्रेत, शैतान; (ला०) दुष्ट बालक।
puck[2] n. पशुओंकी एक बीमारी, पक-रोग।
puck[3] n. (बर्फपर खेलनेका) रबड़का चौड़ा गेंद, पक।
pucka, pukka aa. पक्का।
pucker[1] n. बल, तह, चुन्नट, सिकुड़न, शिकन, झुर्री।
pucker[2] v. i. & t. बल पड़ना, तह पड़ना, चुन्नट पड़ना, सिकुड़न पड़ना, शिकन पड़ना; चुनियाना, शिकन डालना।
puckering n. संकोच, सिकुड़न, शिकन।
puckery a. तहदार, चुन्नटदार, शिकनदार।
puckish, pucklike aa. पिशाचवत्, भूतसदृश।
pud n. शिशु-हस्त; पशुपाद।
pudding n. (एक प्रकारका मांस और अन्न आदिका)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

पकवान, पुडिंग; पोटीन; पोटीन या पुडिंग-जैसी वस्तु; (नौवि० रगड़से बचनेके लिए रस्सी आदिके नीचे लगी हुई) गद्दी या पट्टा; ~ bag पोटीनी झोला, पुडिंग पकानेका झोला; सौभाग्यांश, सौभाग्यखण्ड; ~ face गोल-गप्पा-सा मुँह; ~-head निर्बुद्धि व्यक्ति, जड़मति, गोबरगणेश; ~-heart कापुरुष, कादर, कायर, भीरु, डरपोक, लेंडू; ~ time भोजनकाल।

puddle[1] n. पंक, कीचड़; पंकीकरण, पंकमज्जन; गढ़ा, गड्ढी, गड्ढा, डाबर, चोंड़ा, (बोल०) अव्यवस्था, घप-चप, गड़बड़, गड्डमड्ड; गारा, मसाला।

puddle[2] v. i. & t. कीचड़में लोटना, छींटे देना, छप-छप करना; विशृंखल जीवन बिताना, अशिष्ट व्यवहार या आचरण करना; घँघोरना, बिलोड़ना, गँदला करना, मैला करना, गन्दा करना; गारा घोलना, मसाला तैयार करना।

puddled a. पंकीकृत, पंकमज्जित, गारेमें डुबोया हुआ; ~ steel प्रधूत वज्रायस।

puddler n. छपछपाने या घँघोरनेवाला; गारा घोलनेवाला।

puddling n. संलोडन, घँघोरना, बिलोना (~ *process*)।

puddly a. गँदला, मैला।

puddock n. भेक, मण्डूक, दादुर, मेंढ, मेढक।

pudency n. लज्जा, शर्म।

pudge[1] n. (बोल०) वामन, बौना, नाटा मनुष्य, ठिंगना आदमी, गुलगोथना, छोटा और मोटा व्यक्ति, छोटी और मोटी वस्तु।

pudgy a. नाटा एवं स्थूल, गुलगोथना, ठिंगना और थुलथल।

pudic a. भगस्थ (~ *artery*)।

pudicity n. लज्जा, शर्म।

pudicous a. लज्जाशील, लज्जालु, शर्मीला।

pudsy a. स्थूल, मांसल, हृष्ट-पुष्ट, चर्बीला, गुदार, गुदगुदा, मोटा-ताजा।

puericulture n. शिशु-पालन, शिशु-पोषण।

puerile a. बालेय, बालिश, बालोचित, बाल-सुलभ, बच्चों-जैसा; तुच्छ, ओछा, छिछोरा, हलका, छिछला; ~ breathing घर्राटा, खर्राटा, घरघराहट।

puerileness n. बालेयता, बालिशता, बालोचितता, बालसुलभता; चिलबिलापन, तुच्छता, ओछापन, छिछोरापन, छिछलापन।

puerilism n. बालेय व्यवहार, बालिश व्यवहार, बालोचित वृत्ति, बालसुलभ व्यवहार।

puerility n. बालिश्य, बालधर्म, बचगानापन; तुच्छता, ओछापन, छिछोरापन, छिछलापन।

puerperal a. प्रसूतीय, प्रासविक, प्रसवजन्य, प्रसव-सम्बन्धी, सोहरका; ~ fever अनुसूति-ज्वर, प्रसव-ज्वर; ~ insanity अनुसूति-विक्षिप्तता, प्रसवजन्य उन्माद।

puff[1] n. श्वास, साँस; वातवेग, झोंका, झकोरा; फूत्कार, फुंकार, फुफकार, सनसनाहट; भापकी एक भभक, धुएँकी एक फूँक; (केश आदिकी) फूली हुई गुत्थी, जूड़ा (पाउडर लगानेकी) रोएँदार गद्दी; अत्युक्तिपूर्ण विज्ञापन; ~-adder अफ्रीकी विषधर; ~-ball धूमगोली, कुकुर-मुत्ता; ~-box पाउडरबक्स; ~-~ (बच्चोंकी बोलीमें) भक-भक, भापका इंजन, गाड़ी।

puff[2] v. i. & t. उच्छ्वासित करना, फूँकना, धौंकना; फूँक-फूँककर निकालना, आना; हाँफना, साँस फूलना, दम फूलना, बेदम कर देना; (धुएँका) फूँक-फूँककर निकलना, आना; फूँक मारना, धुआँ छोड़ना; फुलाना, हवा भरना, झोंकेसे उड़ना, झकोरना; फूँक लेना, दम लगाना, कश खींचना; स्फीत होना, सूजना, फूल जाना; विज्ञापन करना; (नीलाममें) झूठी बोली बोलना; ~ *out* हाँफते-काँपते वर्णन करना; ~ *up* फूल जाना, फूला न समाना, आसमानपर चढ़ना, धरतीपर पाँव न रखना।

puffed a. आध्मात, स्फीत, उद्धत; ~ rice लाजा, खील।

puffer n. धुँआँ छोड़नेवाला, फूँक मारनेवाला, फूँकने या झकोरनेवाला, फुलाने या फूलनेवाला; मिथ्याक्रोशक।

puffery n. विज्ञापन, भटई; फूली हुई झालर, संजाफ।

puffin n. तरंगकाक, पफिन, उत्तर अन्धसागरीय पक्षी।

puffiness n. स्थूलता, मोटापा, फुलाव, हँफनी।

puffing n. धूमन; मिथ्याक्रोशन।

puffy a. झोंकेदार; निर्बल-श्वास, हाँफनेवाला, दमका कच्चा; फुल्ल, फूला हुआ; स्थूल, मोटा, चर्बीला, फुप्फस।

pug[1] n. (~-*dog* भी) पग कुत्ता; बड़ा नौकर; लोमड़ी; पटरीबदल इंजन।

pug[2] n. ईंट बनानेके लिए पिण्डोर और चिकनी मिट्टीका मसाला; ~ mill (ईंटोंका) गारा बनानेकी चक्की।

pug[3] v.t. (ईंटके लिए) मिट्टी तैयार करना; गारा सानना, गारा घोलना; (आवाज धीमी करनेके लिए दीवार आदिमें) गारा या बुरादा भरना।

pug[4] n. (ऐंग्लो-इण्डियन) पशुका पदचिह्न, पग।

pug[5] v.t. पदानुसरण करना, पदचिह्नोंसे मार्ग खोजना।

pug[6] n. (ग्रा०) मुष्टियोद्धा, घूँसेबाज।

pugaree n. पगड़ी, पग्गड़, साफा।

pugging n. गारा या बुरादाकी सीमेण्टकी भराई।

puggish, puggy aa. नकचपटा, नकबैठा।

puggree n. = PUGAREE.

pugh int. (घृणाद्योतक) च्चः-च्चः, त्तः-त्तः, राम-राम, छी-छी, छिः-छिः, छिः।

pugilism n. मुष्टियुद्ध, घूँसेबाजी, मुक्केबाजी; विवादप्रियता।

pugilist n. मुष्टियोद्धा, घूँसेबाज, मुक्केबाज; (ला०) विकट वाग्योद्धा, घोर विवादी, परम बकवासी, बड़ा झंझटिया, झकझकिया।

pugilistic a. मुष्टियुद्धीय, घूँसेबाजीसे सम्बन्धित; विवादपूर्ण, विवादीकी तरहका, झगड़ेवाला।

pugnacious a. युयुत्सु, युद्धप्रिय, कलही, कलहप्रिय,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

रणोत्सुक, झगड़ालू, फसादी, लड़ाका।

pugnaciousness n. युयुत्सुता, युद्धप्रियता, कलहप्रियता, झगड़ालूपन, फिसादीपन, लड़ाकापन।

pugnacity n. युयुत्सावृत्ति, युयुत्सुता, युद्धप्रियता, कलहप्रियता, झगड़ालूपन, फसादीपन, लड़ाकापन।

puisne[1] n. कनिष्ठ न्यायाधीश, अवर विचारपति।

puisne[2] a. अवर, अवरपदस्थ, लघु, छोटा (~ *judge*); अनुवर्ती, उत्तरवर्ती, परवर्ती, बादका (~ *mortgages*)।

puissance n. शौर्य, शक्ति, विक्रम, सामर्थ्य, पराक्रम, प्रबलता, वीरता, दम, बल, ताकत, जोर।

puissant a. (प्रा०) अतिशौर्यवान्, महाशक्तिशाली, अतिविक्रमी, महापराक्रमी, शूर, वीर, प्रबल, महाबली, शक्तिशाली, बड़ा ताकतवर, जोरावर।

puja n. पूजा।

puke[1] n. वमन, कै, ओकी, उलटी।

puke[2] v. i. & t. वमन करना, कै करना, ओकी करना, उलटी करना, उकलाना।

puker n. वमनकर्ता, कै करनेवाला, ओकी करनेवाला, उकलानेवाला, उलटी करनेवाला।

pukka a. दृढ़, पक्का।

pulchritude n. रमणीयता, सौन्दर्य, सुन्दरता, शोभा, रूप।

pule v. i. झीखना, झुँझलाना, ठुनकना, पिनपिनाना, कराहना, पें-पें करना, घिघियाना, चें-चें करना।

pulicide n. मक्षिकाघ्न, मक्खीनाशक औषध, फ्यूलीसाइड।

pulicine a. माक्षिकीय, मक्षि-विषयक, मक्षिका-सम्बन्धी, मक्खीका।

pulicose a. मक्षिबहुल, मक्षियुक्त, मक्षिकामय, मक्खीदार।

puling[1] n. झींख, झुँझलाहट, ठुनकन, पिनपिनाहट, घिघियाहट, कराह।

puling[2] a. कराहनेवाला।

pull[1] n. कर्षण, आकर्षण, खींच, खिचाव, कश, ऐंठन, मरोड़, झटका, कशमकश, खींचातानी; शक्ति, बल, जोर; प्रभाव ⊙; (ला०) लाभ, सुसंयोग, फायदा (*have the ~ of* a person); (मुद्र०) अमाजित शोध्य, कच्चा प्रूफ; बाग कड़ी कर देना, लगाम खींच लेना; (क्रिकेट) ठोकर, पुल, मार; शराबका दौर, शराबका लम्बा घूँट।

pull[2]* v.t. & i. कर्षित करना अभ्याकृष्ट करना, ऐंठना, मरोड़ना, झटकारना, खींचना*, ऐंचना; आदान करना, ग्रहण करना, लेना; झटककर तोड़ डालना, खींच देना, अंग-अंग अलग कर देना; प्रभावित करना, प्रभाव डालना ⊙; धज्जियाँ उड़ा देना, कटु आलोचना करना; (किसीके पक्षमे) पूरा जोर लगाना; (पहाड़ी आदिपर) जोर लगाकर आगे बढ़ना; मुँहजोरी करना, बदलगामी करना; (पौधा आदि) उत्पाटित करना, निर्मूल करना, जड़से उखाड़ना; चौंथना, चौंथना, चीरना, फाड़ना, तोड़ना; मुद्रित करना, छापना; नौसंचालन करना, खेना, चलाना; पकड़ना, गिरफ्तार करना; छापा मारना, धावा बोलना, चढ़ाई करना; (क्रिकेट, गेंदपर) चोट करना, बल्ला मारना, पुल मारना; ~ *about* खींचातानी करना; अभद्र व्यवहार करना, नीच वर्ताव करना, बुरी तरह पेश आना; ~ *caps, whigs* टोपी उछालना, लड़ना-झगड़ना; ~ *down* ध्वस्त करना, ढहाना, गिराना, भहराना; परास्त करना; क्षीण कर देना, निस्तेज कर देना; मूल्य घटा देना, सस्ता करना; ~ *for* ⊙ (के) लिए कार्य करना; ~ *in* (गाड़ीका, स्टेशनमें) प्रवेश करना, आना; ~ *off* (प्रतियोगितामें) सफल होना, जीतना, खींच ले जाना; ~ one's *weight* अपने भारके अनुपातसे नाव खेना; ~ *out* नाव खेकर निकाल ले जाना; (रेलगाड़ीका, स्टेशनके) बाहर निकल जाना; ~ *out of the fire* डूबती नाव सँभालना, हारी बाजी जीत लेना; ~ *round* स्वस्थ हो जाना, अच्छा हो जाना, चंगा हो जाना; ~ *the long bow* अतिशयोक्ति करना, अत्यन्त बढ़ा-चढ़ाकर कहना; ~-*through* सुरक्षित निकल जाना, साफ बच निकलना, खैरियतसे खतरा पार करना; ~ *together* सहकार्य करना, मिलकर कार्य करना; ~ a thing *to pieces* छिन्न-भिन्न करना, खण्ड-खण्ड कर देना, टुकड़े-टुकड़े कर देना, पुर्जे-पुर्जे कर देना, धज्जियाँ उड़ा देना, चीर-फाड़ डालना; ~ *up* (व्यक्ति या गाड़ीको) ठहराना, रोकना; बाग खींचना, बाग कड़ी करना; भर्त्सना करना, डाटना; वर्जित करना, संयम रखना, रोकना।

puller n. कर्षक, अभ्याकर्षक, खींचनेवाला, उखाड़नेवाला; कर्षित्र, खींचनेका यन्त्र; खींचनेवाला घोड़ा, जानदार घोड़ा, मुँहजोर घोड़ा।

pullet n. चूजा, मुर्गीका बच्चा।

pulley[1] n. (pl. -*s*) आकृषि, घरघरी, घिरनी, घिर्री, चरखी, गरारी।

pulley[2] v.t. आकृषि लगाना, घरघरी लगाना, घिरनी लगाना, चरखी लगाना, गरारी द्वारा चढ़ाना या लगाना।

pullicate n. पुलीकट (मद्रास) का कपड़ा (या रूमाल)।

pulling n. आकर्षण, खिचावट।

Pullman n. रेलवेका शृंगार-कक्ष।

pullover n. स्वीटर, जर्सी।

pullulant a. उद्भेदनशील, पुष्पनशील, फूलनेवाला; अंकुरण प्रवण, अंकुरणशील, अँखुवानेवाला, उगनेवाला, फूटनेवाला।

pullulate v. i. उद्भिन्न होना, पुष्पित होना, खिलना; कली आना, कलियाना; अंकुरित होना, अँखुवाना, उगना, फूटना, जमना, लगना।

pullulation n. उद्भेद, उद्भेदन, पुष्पन, कलिकाविकास, कलियाना; अंकुरण, अँखुवाना, उगना, फूटना, जमना।

pulmometer n. फुप्फुसमान, फुप्फुसमापक यन्त्र।

pulmonary a. फुप्फुसांगी, फुप्फुसीय, फेफड़ेका; फुप्फुस-रोगग्रस्त, फुप्फुस-रोगसे पीड़ित; ~ artery

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

फुप्फुसीय धमनी;
~ apoplexy, ~ arch, ~ area, ~ lymph, ~ nerve, ~ plague, ~ sac, ~ tuberculosis, ~ vein, ~ ventilation.

pulmonate¹ n. फुप्फुसश्वासी ।

pulmonate² a. फुप्फुसांगीय, फेफड़ेदार, फेफड़ेदार अंगोंवाला ।

pulmonic a. फुप्फुस-रोग-विषयक, फेफड़ेकी बीमारीसे सम्बन्ध रखनेवाला ।

pulmoniferous a. फुप्फुसयुक्त, फेफड़ेवाला ।

pulp¹ n. गोर्द, गूदा; वसा, सार, मज्जा; लुगदा, लुगदी; धातुका लोंदा;
~ board, ~ cavity, ~ filter, ~ sheet, ~ wood.

pulp² v.t. & i. गूदा निकालना; पिलपिला करना, गोंद निकालना; पिलपिला हो जाना, गुदार होना, गूदेदार हो जाना ।

pulper n. गूदा निकालनेकी मशीन, पल्पर ।

pulpify v.t. पिलपिलाना, गूदा बनाना ।

pulpiness n. पिलपिलाहट, गुदारपन ।

pulpit n. व्याख्यान-मंच, आसन, पीठ, व्यासपीठ; (*the* ~) उपदेश देनेका व्यवसाय; उपदेशक-गण; उपदेश-संग्रह ।

pulpitarian a. & n. उपदेशक; उपदेशवादी; उपदेशकीय, उपदेशकसे सम्बन्धित ।

pulpiteer¹ n. उपदेशक, प्रचारक, मत-प्रचारक ।

pulpiteer² v. i. उपदेश देना, प्रचार करना, सिखाना ।

pulpiteering n. उपदेश-व्यवसाय, शिक्षा या प्रचार द्वारा अर्थोपार्जन ।

pulpitry n. प्रवचन; धर्मशिक्षण, धर्मोपदेशन ।

pulpitum n. (गिर्जेमें गायकमण्डलीके लिए) पत्थर या लकड़ीका पर्दा; वेदी, मंच ।

pulpless a सारहीन, बेगूदा ।

pulpous, pulpy aa. गोर्दमय, मज्जायुक्त, सारमय, गुदार, पिलपिला, गूदेदार, नरम ।

pulque n. मैक्सिकी ताड़ी (~ *brandy*) ।

pulsate v.t. & i. स्पन्दन करना, स्फुरण करना, उछलना, फड़कना, चलना; (शा० एवं ला०) कम्पित होना, सिहरना, धड़कना, काँपना; (हीरेको) मशीनसे पछोरना ।

pulsatile a. स्फुरणशील, स्पन्दक, स्पन्दनकारी, धड़कन-सम्बन्धी, फड़कनेवाला, चलनेवाला; मिजराब या हाथसे चलाकर बजनेवाला (बाजा) ।

pulsatilla n. वायुवेप (पुष्प) ।

pulsating n. स्पन्दी (~ *activity*) ।

pulsation n. स्फुरण, स्पन्दन, धड़कन, कम्पन, गति, फड़क, तड़प, चाल, थरथराहट ।

pulsative a. = PULSATORY.

pulsator n. हीरापछोरनी, हीरा पछोरनेकी मशीन ।

pulsatory a. स्पन्दक, स्पन्दी, स्पन्दनकारी, धड़कनेवाला, भड़कनेवाला, काँपनेवाला, धड़कता हुआ ।

pulse¹ n. नाड़ी, नब्ज; नाड़ीकी गति, हृदयस्पन्दन; (ला०) स्फूर्ति, उत्साह, उमंग, जोश, छटपटाहट; (संगीत) स्पन्दन, कम्पन, तरंग, लहर; भाव; *feel* a person's ~ नाड़ी देखना; भाव जानना;
~ beat, ~ generator, ~ radar, ~ rate, ~ system, ~ tracting.

pulse² v. i. & t. स्पन्दित होना, धड़कना, उछलना, फड़कना; स्फुरण करना, तालबद्ध स्पन्दन करना, थरथराना ।

pulse³ n. (प्रायः बहु०) दाल ।

pulseless a. निःस्पन्द, निष्प्राण ।

pulselessness n. निःस्पन्दता, निष्प्राणता ।

pulsimeter n. स्पन्दमान, नाड़ीमापक यन्त्र ।

pultaceous a. मृदुकृत, मृदु किया हुआ, कोमल किया हुआ, पोला; पुलटिस जैसा ।

pulverable a. क्षोदनीय, पेष्य, पेषणीय, चूरणीय, चूर-चूर करने योग्य, पीसने योग्य ।

pulverizable a. (क्व०) क्षोदनीय, पेषणीय, चूरणीय, चूर-चूर करने योग्य, पीसने योग्य ।

pulverization n. क्षोदन, पेषण, चूरण, संचूरण, पिसाई ।

pulverizator, pulverizer nn. क्षोदित्र, पेषणयन्त्र, जाँत, चक्की; चूर्णकारी, पिसनहार ।

pulverize v.t. & i. क्षोदन करना, पेषण करना, चूर्ण करना, बुकनी करना, चूर-चूर करना, पीसना; (जल आदिको) कणोंमें विभक्त करना, फुहारें बनाना; (ला०) ध्वस्त करना, पददलित करना, कुचल देना, धूलमें मिलाना; चूर्ण बन जाना, पिस जाना, धूल हो जाना, चूर-चूर हो जाना ।

pulverized a. क्षोदित, चूर्णित, पिसा हुआ, (जैसे ~ *coal*) ।

pulverizer n. क्षोदक व्यक्ति या वस्तु, पेषक व्यक्ति या वस्तु, चूर्णक व्यक्ति या वस्तु, चूर-चूर करनेवाला, पीसनेवाला ।

pulverous n. क्षोदवत्, चूर्ण-सदृश, पाउडर-जैसा ।

pulverulence n. क्षोदमयता, धूलिमयता, धूलियुक्तता, धूलसे भरा होना ।

pulverulent a. क्षोदमय, चूर्णमय, धूलीय, धूलिमय, क्षोदावेष्टित, धूल-जैसा; (चट्टान) सुचूर्ण्य, भुरभुरी, बलुई ।

pulvinar a. गद्दीदार, गादीदार, गद्दीके आकारका, गद्दी-जैसा ।

pulvinate a. = PULVINAR.

pulvinus n. पीनाधार, पत्तेकी गद्दी ।

puly a. झीखता हुआ, पिनपिनाता हुआ, ठुनकता हुआ, घिघियाता हुआ; रुग्ण, रोगी, क्षीण, दुर्बल, अस्वस्थ, रोगजनक ।

pumiceous a. झामकीय, झावें-जैसा ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

pumice (-stone)[1] n. झामक, झावाँ।

pumice (-stone)[2] v.t. झावेंसे घिसना, झावेंसे साफ करना या पालिश करना।

pumiciform a. झामकाकृति, झामकाकार, झाँवे-जैसा।

pumicose a. = PUMICEOUS.

pummel v.t. मुष्टिवर्षा करना, धमधमाना, दनदनाना, ँसे बरसाना, मुक्के मारना।

pum(m)elo n. = POMELO.

pump[1]* n. उदंचिका, पम्प, नल*, दमकल, पिचकारी; भाथी, धौंकनी; (ला०) हृदयकी धौंकनी; कीड़ेकी चुसनी; पम्पक्रिया, पम्पचालन, पम्पकी धौंक;
~ attendant, ~-barrel, ~ bowl, ~ bowl assembly, ~ brake, ~ chamber, ~ driver, ~ handle, ~ house, ~ plunger, ~ priming, ~ trailer.

pump[2] v. i. & t. उदंचन करना, पम्प चलाना, पिचकारी छोड़ना; (कूएँको) पम्प द्वारा ओगारना; उलीचना, जहाजका पानी निकालना; (*upon* के साथ) भेद जानना, उगलवा लेना, जानकारी प्राप्त करना; (कठिन परिश्रमका) थकाकर चूर कर देना, धौकनी चला देना, दम फुला देना, बेदम कर देना; (तापमापकमें पारेका) क्षण-क्षणमें चढ़ना-उतरना।

pump[3] n. पम्प जूता, पम्पशू।

pumpage n. पम्पसे किया गया काम; पम्प द्वारा निकाला गया पानी।

pumper n. पम्पचालक, पम्प चलानेवाला, पम्प, तैलकूप।

pumping n. उद्वहन, पम्पक्रिया, पम्प करना;
~ action, ~ installation, ~ plant, ~ set, ~ station.

pumpion n. = PUMPKIN.

pumpkin n. कूष्माण्ड, घीया, लौकी, कद्दू, पेठा, भूरा कुम्हड़ा।

pumpship[1] n. मूत्र, पेशाब, मूती, मूतना।

pumpship[2] v. i. मूतना, पेशाब करना।

pun[1] n. श्लेष, शब्दक्रीड़ा, अनेकार्थक शब्द।

pun[2] v. i. श्लेषमें बोलना, अनेकार्थ शब्द-प्रयोग करना, शब्दक्रीड़ा करना।

pun[3] v. i. (भूमि आदिको) धुरमुससे पटतारना।

punch[1] n. छिद्रक, पंचिका, सुम्बी, बरमा, छेदनी, गोदनी; छापा; driving-~ कील-कस; starting-~ कील उखाड़नेका पंच।

punch[2] n. मुष्टिका, मुष्टिप्रहार, अधिघात, मुक्का, घूँसा (*a ~ on the head*); (ग्रा०) स्फूर्ति, उत्साह, बल, जोर; ~-drunk मुष्टि-आहत, घूँसेकी मारसे व्याकुल।

punch[3] v.t. मुष्टिप्रहार करना, मुक्का मारना, घूँसा मारना; छड़ीसे कोचना, भोंकना, आर मारना; वेधना, छेदना, छेद करना, पंच करना; कील पैठाना, कील घुसेड़ना; जानवरोंको पंच करके हाँकना ⊙।

punch[4] n. एक पेय।

punch[5] n. विदूषक, भाँड़; मोटा-ताजा लद्दू टट्टू; (बोल०) गुलगोथना व्यक्ति, छोटी और मोटी वस्तु; *pleased as ~* बहुत प्रसन्न।

punched a. छिद्रित, पंच किया हुआ (*~ cards*)।

puncheon[1] n. (विशे० कोयलेकी खानमें) लघुस्तम्भ, थून, अड़वार।

puncheon[2] n. (इति०, ७२ से १२ गैलन तकका) बड़ा पीपा।

puncher n. छिद्रक यन्त्र, छेनी, सुम्बी, बरमा, पंच।

Punchinello n. (pl. *-s*) ठिंगना और हट्टा-कट्टा व्यक्ति; (इटलीमें) कठपुतलीके खेलका प्रधान पात्र, भाँड़, पंचिनेलो; दे० PUNCH[5].

punchy a. लघु एवं स्थूल, छोटा-मोटा, नाटा।

punctate a. (प्राकृ० इति०, निदान) बिन्दु-चिह्नित, चित्तीदार, धब्बेदार, बुँदकीदार।

punctation n. बिन्दुचिह्नांकरण, बुँदकी या चित्ती बनानेका कार्य।

punctiform a. बिन्द्वाकृति, बिन्द्वाकार, बिन्दुवत्, बिन्दु-सदृश, बुँदकी-जैसा।

punctilio n. (pl. *-s*), (उत्सव या शिष्टाचारमें) सूक्ष्म विचार, बारीकी; अतिसूक्ष्मता; अनावश्यक औपचारिकता, प्रदर्शनपूर्ण शिष्टाचार, दिखाऊपन।

punctilious a. सूक्ष्माचारी, सूक्ष्मनियमनिष्ठ, सूक्ष्मविचारी, सूक्ष्मदृष्टि, अतिशिष्टाचारी, अत्युपचारी, बेहद तकल्लुफवाला।

punctiliousness n. सूक्ष्मनियमनिष्ठा, अतिसूक्ष्मदृष्टि, प्रदर्शनप्रियता, औपचारिकता, तकल्लुफमिजाजी।

punctual a. समयनिष्ठ, समयपरायण, समयपालक, वक्तका पाबन्द; यथासमय, ठीक समयपर, बरवक्त (*~ arrival*); (प्रा०) शिष्टाचारप्रिय; सूक्ष्मविचारी, बारीकीपसन्द; (रेखा०) बिन्दुकीय।

punctualist n. समयनिष्ठ व्यक्ति, समयपालक व्यक्ति, वक्तका पाबन्द आदमी।

punctuality n. समयनिष्ठा, समयपालन, समयनिष्ठता।

punctuate v.t. चिह्नांकित करना, विरामचिह्न लगाना; (ला०, विस्मयादि द्वारा भाषणमें) व्यवधान डालना, बाधा डालना, टोकना; (असंगत) बल देना, जोर देना (*flung it on the ground to ~ his refusal*)।

punctuation n. चिह्नांकन, विरामचिह्नीकरण; चिह्नांकनकला; विरामचिह्न, चिह्न, बिन्दु, अंक।

punctuative a. चिह्नांकनीय, विरामचिह्नीय, विरामचिह्नात्मक।

punctuator n. चिह्नांकक, विरामचिह्न लगानेवाला।

punctulate v.t. चिह्नित करना।

punctulation a. बिन्दु, चिह्न; = PUNCTUATION.

punctum n. (pl. *-a*) चिह्न, अंक, बिन्दु, धब्बा, निशान।

puncture[1] n. वेध, वेधन, छिद्र, छेद, पंक्चर।

puncture[2] v.t. & i. वेधना, वेधन करना, छिद्र

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

करना, छेद करना, पछना, पंक्चर करना; छेद होना, पंक्चर होना।

punctured a. विद्ध, छिद्रालु, छिद्रित, छिद्रमय, पंक्चर हुआ हुआ।

pundit n. पण्डित; ब्राह्मण; विद्वान्; अध्यापक, गुरु।

pungency n. चण्डता, तीक्ष्णता, तीव्रता; तिक्तता, कटुता, तीखापन, तीतापन, चरपराहट; रोचकता, मार्मिकता, मर्मस्पर्शिता, मर्मवेधिता, मर्मान्तकता।

pungent a. चण्ड, तीक्ष्ण, तीव्र, तीखा, (~ *smell, taste*); उग्र, प्रखर, प्रचण्ड; अम्लयुक्त, तिक्त, कटु, तीता, चरपरा; रोचक; मार्मिक, मर्मस्पर्शी, मर्मवेधी, मर्मान्तक।

Punic a. & n. फोएनीशियाई, कारथेजी, कारथेजवासी; कारथेज भाषा।

puniceous a. पक्व, पक्का, पका हुआ।

puniness n. लघुता, क्षीणता, अल्पाकृति, दुर्बलता, हीनता, नन्हापन, छोटापन, कमजोरी; क्षुद्रता, तुच्छता।

punish v.t. शासित करना, ताड़ित करना, दण्डित करना, सजा देना; अर्थदण्ड लगाना, डाँड़ लेना, जुरमाना करना; (मुष्टियुद्धमें विरोधीपर) प्रबल आघात करना, जोरके घूँसे लगाना; (दौड़में प्रतियोगीको) थका डालना; (भोजन आदिपर) धावा बोलना, खूब खाना।

punishability n. शासनीयता, दण्डनीयता, सजा पानेकी स्थिति।

punishable a. दण्ड्य, दण्डनीय, शासनीय, ताड-नीय, सजा पाने योग्य।

punisher n. शास्ता, शासक, दाण्डिक, दण्डयिता, सजा देनेवाला।

punishing a. थका देनेवाला; खूब खानेवाला; (बल्लेबाजकी कमजोरीसे) लाभ उठानेवाला।

punishment* n. शासन, निग्रह, दमन, दण्ड*, ताड़ना, सजा; अर्थदण्ड, जुर्माना;
~ book, ~ orders, ~ register, ~ return.

punition n. दण्ड, सजा।

punitive a. दाण्डिक, दण्डात्मक, दण्डरूप, दण्ड-स्वरूप (~ *justice*); ~ police दण्डारक्षि, दण्डा-धिकारी पौरिक, दण्डपुलिस; ~ tax दण्डकर।

punitory a. दाण्डिक, दण्डात्मक, दण्डस्वरूप।

punk[1] n. अप्रयोज्य वस्तु, रद्दी चीज, निकम्मी चीज।

punk[2] n. वारस्त्री, वारांगना, वारनारी, समूहांगना, वेश्या, रण्डी, पतुरिया, छिनाल।

punkah n. पंखा।

punner n. धुरमुस, दुरमुस, दुरमट, मुँगरी।

punnet n. टोकरी, डलिया, झविया।

punster n. श्लेषवादी, श्लेषभाषी, श्लेष बोलनेवाला।

punt[1] n. तरालु, तरान्धु, बजरा, चौड़े पेंदेकी उथली नाव, डेंगी पण्ट।

punt[2] v.t. & i. लग्गी या बाँससे नाव चलाना, बजरे या पण्टमें माल ढोना।

punt[3] n. (फुटबालकी भूमिपर गिरनेके पहले) ठोकर, पण्ट।

punt[4] v.t. (फुटबालमें) ठोकर लगाना, पण्ट मारना।

punt[5] n. ताश आदिके जयांक।

punt[6] v.i. (ताश आदिके खेलमें) धनराशिपर दाँव रखना या लगाना; (बोल०, घोड़ेपर) शर्त लगाना, दाँव रखना, बाजी लगाना।

punter[1], **puntist** nn. नाविक, केवट, माँझी, खेवैया, बजरा चलानेवाला।

punter[2] n. शर्त लगानेवाला।

punty, pon-, nn. लोहेकी छड़।

puny a. लघु, क्षीण, दुर्बल, हीन, हलका, कमजोर; क्षुद्र, नीच, तुच्छ, छोटा, नन्हा।

pup[1] n. पिल्ला; conceited ~ आत्मश्लाघी युवा, प्रदर्शनप्रिय बालक; *in* ~ गर्भवती, गाभिन; *sell* person *a* ~ ठगना।

pup[2] v.t. & i. पिल्ले देना; जनना, पैदा करना।

pupa n. (pl. *-ae*) शंखी, कोशी, हेमकोशी, कोशित कीट, कीड़े आदिकी जन्मोत्तर तृतीयावस्था।

pupal a. पोतकीय, हेमकोशीय, कोशित, कोशशायी कीट-सम्बन्धी (~ *parasite*)।

pupate v. i. कोशित होना।

pupation n. कोशन, कोशित अवस्था, कोशित स्थिति।

puperium n. डिम्भकोष, प्यूपाकोष।

pupil n. शिष्य, अन्तेवासी, छात्र, विद्यार्थी, चेला, शागिर्द; (कानू०) किशोर, अवयस्क व्यक्ति; (आँखकी) कनीनिका, तारा, तारका, पुतली; ~-teacher शिक्षक-विद्यार्थी, छात्र-शिक्षक।

pupilar, pupilary aa. अन्तेवासीय, शिष्य-विषयक, छात्र-सम्बन्धी; कानीनिका-सम्बन्धी, नेत्रतारकीय, पुतलीका।

pupilarity n. अप्रौढ़ता, अवयस्कता, नाबालिगी।

pupil(l)age n. अवयस्कता, अप्रौढ़ावस्था, अविकसित बुद्धित्व, किशोरावस्था, कैशोर, नाबालिगी; (ला०, देश या भाषाकी) अप्रौढ़ता, अविकसितता; शिष्यत्व, अन्तेवास, छात्रावस्था, शिष्यदशा।

pupil(l)ize vv. t. & i. शिष्य बनाना, चेला मूँड़ना; (शिष्य या छात्रको) शिक्षा देना, अध्यापन करना, विद्यादान करना, पढ़ाना।

pupilship n. शिष्यत्व, छात्रावस्था।

puppet n. पुत्तलिका, पांचालिका, गुड्डा, कठपुतली; (ला०) किसीके हाथका खिलौना; ~-play, ~-show कठपुतलीका तमाशा; ~ state पराधीन राज्य।

puppetry n. कौतुक, तमाशा, बाजीगरी, कठपुतलीका-सा खेल; प्रदर्शनी, नुमायश; कृत्रिमता, बनावट।

puppy n. पिल्ला, कुत्तेका बच्चा; बुद्धिहीन, बुद्धू, गोबरगणेश; (युवा) बाँका, छैला, छबीला, रँगीला।

puppydom n. पिल्लापन; बुद्धूपन; छैलापन।

puppyhood n. = PUPPYDOM.

puppyish a. पिल्ले-जैसा, निरा बुद्धू।

puppyism n. छैलापन, बाँकापन, रँगीलापन।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

pur[1] n. घुर-घुर, घुरघुराहट, पुर-पुर-; = PURR.
pur[2] v. i. & t. घुरघुराना, घुर-घुर करना।
puranic a. पौराणिक।
purblind[1] v.t. अन्धप्राय करना, चौंधियाना, क्षीणदृष्टि बनाना; संकीर्णदृष्टि करना, मतिमन्द बनाना।
purblind[2] a. अर्द्धान्ध, अन्धप्राय, ईषदन्ध, क्षीणदृष्टि, चुन्धा; (ला०) संकीर्णदृष्टि, मतिमन्द; मन्द, कुन्द, सुस्त, चुगत।
purblindness n. अन्धप्रायता, क्षीणदृष्टित्व, हतदर्शिता, चुन्धापन, धुन्ध; संकीर्णदृष्टिता, मतिमन्दता।
purchasable a. क्रेय, क्रयणीय, खरीदने योग्य; अर्ज्य, अर्जनीय, प्राप्य, प्रापणीय, प्राप्त करने लायक; उद्धृष्य, उठाने योग्य, घसीटने योग्य, खींचने योग्य।
purchase[1] n. क्रय, खरीद, खरीददारी; क्रीत वस्तु, सौदा, मोल ली हुई चीज; वार्षिक उत्पादन (*sold at 20 years' ~*); क्रीत सम्पत्ति, अर्जित सम्पत्ति, उपार्जन, खरीद, कमाई; यान्त्रिक लाभ, यन्त्रजन्य सुविधा; उत्तोलन-यन्त्र; (प्रायः ला०) प्रभाव, असर; शक्ति, सामर्थ्य; सुविधार्थ युक्ति, लाभार्थ उपाय; (नौवि०) रस्सी, रस्सा; चरखी, भार उठानेकी कल; ~-money क्रयमूल्य, क्रयधन, मोल;
~ book, ~ contract, ~ journal, ~ ledger, ~ price, ~s account, ~s book, ~s day-book, ~s journal, ~s ledger, ~s ledger adjustment account, ~ slip book, ~s requisition, ~s return, ~s returns journal, ~ tax, ~ transaction, ~ value.
purchase[2] v.t. क्रय करना, खरीदना, मोल लेना; अर्जित करना, प्राप्त करना, हासिल करना; (नौवि०, उठानेकी कलसे, लंगर आदि) खींचना, उठाना, घसीटना।
purchased a. क्रीत, खरीदा हुआ।
purchaser n. क्रेता, क्रयी, ग्राहक, गाहक, खरीददार।
purchasing n. क्रय, खरीद (*~ power*)।
purdah n. परदा।
pure a. अमिश्रित, निर्मल, विमल, शुद्ध, विशुद्ध, साफ; असली, खालिस; (संगी०) सस्वर, सताल, गत्यनुरूप; असंसृष्ट, सद्वंशज, शुद्धान्वय, असंकर; (व्या०) पूर्वस्वर-युक्त (स्वर); स्वरान्त्य (शब्द), असंयुक्त (व्यंजन); केवल, निपट, नितान्त, कोरा, निरा, पूरा, सरासर, बिल्कुल (*~ nonsense*); अभ्रष्ट, अविकृत (*his taste was severe and ~*); पूत, पवित्र, पावन, अनघ, निष्पाप, अकलुष, निष्कलंक; निर्मलचरित्र, ब्रह्मचारी; सती; ~ mathematics शुद्ध गणित; ~ science शुद्ध विज्ञान;
~ blue, ~ butter, ~ chance, ~ charity, ~ chemistry, ~ culture, ~ drug, ~ form, ~ line, ~ race, ~ wine.
pureness n. शौच, शुचिता, शुद्धता, स्वच्छता, पवित्रता, निर्मलता, निष्कलंकता, सफाई।
purfle[1] n. गोट, किनारा, किनारी, हाशिया।
purfle[2] v.t. गोट लगाना, किनारा लगाना, किनारी लगाना, हाशिया लगाना; सुशोभित करना, सुन्दर करना, सजाना, सुघड़ बनाना।
purfling n. सजावट, कढ़ाई, बेलबूटेका काम, कशीदा।
purgation n. शुद्धि, शोधन, परिष्कार, सफाई; रेचन, विरेचन, विरेचक, जुलाब; आत्मशुद्धि, अघमोचन, दोषनाशन; (इति०) निर्दोषिता-प्रकाशन, सफाई।
purgative[1] n. विरेचक, रेचक औषधि, दस्तावर दवा, जुलाब।
purgative[2] a. रेचक, विरेचक, जुलाबी, दस्तावर; शोधक, शोधनशील; परिष्कर्ता, संस्कर्ता।
purgatorial a. परिशोधनीय, परिशोधकीय, सुधार-सम्बन्धी, पापमोचन-विषयक।
purgatorian[1] n. पापमोचन-विश्वासी, अघनाशन-विश्वासी, दोषनिवारण-वादी।
purgatorian[2] a. = PURGATORIAL.
purgatory[1] n. पापमोचन, अघनाशन, दोषनिवारण; पापमोचनस्थान, सुधारगृह, तपोभूमि।
purgatory[2] a. परिशोधक, शुद्ध करनेवाला, पवित्र करनेवाला; सुधारक।
purge[1] n. शुद्धि, परिष्कार, संस्कार, शोधन, दोषप्रक्षालन, मार्जन; सुधार; पृथक्करण, निष्कासन, अपमार्जन, सफाई; रेचन, विरेचन, जुलाब देना।
purge[2] v.t. & i. निर्मल करना, शुद्ध करना, साफ करना या होना; पेट चलाना, जुलाब देना, पेट साफ करना; छाँटना; बरी करना, छोड़ देना।
purger n. शुद्धि-कर्ता, परिष्कर्ता, संस्कर्ता, मोचयिता, मार्जयिता; पृथक्कर्ता, निष्कासक, अपमार्जक; सुधारक; रेचक वस्तु, विरेचक पदार्थ, जुलाबी चीज।
purging n. शोधन, परिष्कृति, परिष्करण, संस्कृति, संस्करण, मोचन, मार्जन; पृथक्करण, निष्कासन, अपमार्जन; रेचन, विरेचन, जुलाब देनेकी क्रिया; सुधार।
purification n. शुद्धि, शोधन, शुद्धीकरण, निर्मलीकरण, पूतीकरण, पावन, मार्जन, परिष्करण, सफाई, मँजाई।
purificative, purificatory aa. शोधनात्मक, परिष्कारात्मक, संस्कारात्मक, शुद्धीकरण-सम्बन्धी।
purificator n. (ईसाई) मद्यपात्र; (याजककी अँगुलियाँ और होंठ साफ करनेकी) साफी।
purificatus a. = PURIFIED.
purified a. पूत, शोधित, विशोधित, शुद्ध, परिष्कृत।
purifier n. शोधित्र, शोधक, विशोधक, परिशोधक, परिष्कारक।
puriform a. (चिकि०) पूयाकृति, पूयाकार, क्लेदवत्, पीप-सदृश, पीब-जैसा, मवाद-जैसा, पस-जैसा।
purify v.t. शुद्ध करना, शोधन करना, पवित्र करना, परिशोधन करना, साफ करना।
purism n. शुद्धतावाद, विशुद्धिवाद।
purist n. (विशे० भाषामें) विशुद्धिवादी, शुद्धतावादी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

puristic, -al aa. शुद्धिवादी, शुद्धतावादी; विशुद्धिवादात्मक।

puritan[1] n. (P~) प्रोटेस्टैण्ट सम्प्रदायका सदस्य, प्यूरिटन; शुद्धतावादी दलका सदस्य: नैष्ठिक, निष्ठावान्, कर्मनिष्ठ पुरुष, नियमनिष्ठ व्यक्ति।

puritanic, -al aa. विशुद्धिवादी, प्योरिटनी; निष्ठावादी, कट्टरतावादी।

puritanism n. विशुद्धिवाद, प्योरिटनवाद; नैष्ठिकतावाद, कठोरतावाद, कट्टरतावाद।

puritanize v. i. & t. विशुद्धिवादी सदृश आचरण करना, प्योरिटनके समान कार्य करना, कट्टरतासे काम लेना; विशुद्धिवादी बनाना, प्योरिटन बनाना; नैष्ठिक बनाना, कट्टर बनाना।

puritic a. (चिकि०) पूयीय, पूय-विषयक, क्लेद-विषयक, पीप-सम्बन्धी, पीब-सम्बन्धी, मवादका, पसका।

purity n. शुद्धता, विशुद्धि, शौच, शुचिता, पवित्रता, विमलता, निर्मलता, विशदता, पूतता, निष्कलंकता, अकालुष्य, सफाई।

purl[1] n. (बढ़ाईके निमित्त) चाँदी या सोनेका तार; किनारी, जरी, कलाबत्तू; कढ़े हुए बेल-बूटे या झालर; गोटा, हाशिया, किनारा।

purl[2] v.t. & i. (कलाबत्तू या जरीसे) गोट लगाना, बेलबूटे काढ़ना, फीता लगाना, बखिया करना।

purl[3] n. जलावर्तन, जलावर्त, भँवर; कल-कल ध्वनि, छल-छल ध्वनि।

purl[4] v. i. भँवर पड़ना, लहर आना, चक्कर काटना; कल-कल ध्वनिके साथ बहना, कल-कल करके बहना, छल-छल करके बहना।

purl[5] n. धमाका, अरराहट, भहरन।

purl[6] v.t. & i. अस्त-व्यस्त करना या होना, उलट-पलट करना या होना, सिरके बल गिरना या गिराना।

purler n. (घोड़ेसे, विशे० *come, take, a* ~) सिरके बल गिरना।

purlieu n. वनान्त; जंगलाती कानूनके अन्तर्गत भूमि; (pl.) सीमाएँ, हदें, सरहदें।

purlin n. शहतीर, कड़ी।

purloin v.t. चुराना, मूसना, मार देना, हड़पना, तिड़ी कर देना।

purloiner n. तस्कर, चोर, उचक्का।

purple[1] n. नीलारुण, नीललोहितवर्ण, बैंगनी या जामुनी रंग; (प्रा०) लोहितवर्ण, गहरा लाल रंग; नीलारुण वस्त्रभूषा, बैंजनी पोशाक; धर्माचार्यपद, धर्माचार्यकी भूषा; (बहुव०) शूकरज्वर; गेरुई, गेहूँका रोग; *born in the* ~ राजघरानेका;

~ bacteria, ~-berried, ~-clad, ~-coated ~-coloured, ~ copper ore, ~-finch, ~-fish, ~ fleabane, ~-headed, ~ heron, ~ hue, ~-hued, ~ lake, ~-leaved, ~ navy, ~ osier, ~-robed, ~-rumped sunbird, ~ shell, ~-spiked, ~ thrush, ~-tipped, ~-veined, ~ willow, ~ wood ~ wood-pigeon, ~wort.

purple[2] v.t. & i. नीलारुण हो जाना, बैंजनी रंगका हो जाना।

purple[3] a. नीलारुण, नीललोहित, बैंजनी, जामनी; गहरा लाल, खूनी; ~ emperor एक तितली।

purplish, purply aa. आनीलारुण, बैंजनी-सा, बैंजनीपन लिये हुए।

purpoint, pourpoint n. रूईदार अंगरखा।

purport[1] n. अभिप्राय, प्रयोजन, आशय, तात्पर्य, सारांश, भाव, अर्थ, मतलब; (क्वचित्) मन्तव्य, उद्देश्य।

purport[2] v.t. अभिप्राय रखना, आशय होना, तात्पर्य रखना, सारांश रखना, भाव रखना, अर्थ रखना, मतलब रखना; मन्तव्य होना, उद्देश्य रखना, मशा रखना; प्रतीति करना, पता देना, बताना।

purportless a. अनभिप्राय, अभिप्रायहीन, आशयविहीन, तात्पर्यहीन, सारांशहीन, भावहीन, अर्थरहित, बेमतलब; उद्देश्यरहित।

purpose[1]* n. हेतु, विचार, उद्देश्य, तात्पर्य, प्रयोजन*, आशय, अभिप्राय, नीयत, इरादा, मतलब*, ख्याल, गर्ज; संकल्प, दृढ़निश्चय, संकल्पशक्ति; *on* ~ सोद्देश्य, सप्रयोजन, साभिप्राय, कामतः, ज्ञानतः, तात्पर्यसहित, उद्देश्यसे, मतलबसे; *to some* ~ किसी उद्देश्यसे, किसी अभिप्रायसे; *to the* ~ संगत, सम्बद्ध, सप्रयोजन।

purpose[2] v.t. अभिप्राय रखना, उद्देश्य रखना, संकल्प रखना, योजित करना, निर्धारित करना, मंसूबा बाँधना, इरादा रखना।

purposed a. साभिप्राय, अभिप्रेत, सोद्देश्य, वांछित, इच्छित, इच्छाकृत।

purposeful a. उद्देश्यपूर्ण, आशयपूर्ण, अर्थपूर्ण, अभिप्राययुक्त, मतलबभरा।

purposefulness n. उद्देश्यपूर्णता, सप्रयोजनता, मन्तव्यपूर्णता, अर्थपूर्णता, गर्जदारी।

purposeless a. निरुद्देश्य, आशयरहित, अर्थहीन, उद्देश्यरहित, बेमतलब।

purposelessness n. निरुद्देश्यता, आशयराहित्य, अर्थहीनता, अभिप्रायहीनता।

purposely adv. ज्ञानतः, कामतः, ठानकर, जान-बूझकर, इरादा करके।

purposive a. साभिप्राय, सोद्देश्य, सप्रयोजन, लक्ष्यपूरक, कार्यसाधक, प्रयोजनात्मक; (व्यक्ति या आचरण) उद्देश्यपूर्ण, लक्ष्ययुक्त।

purpura n. नीलारुणरुजा, जामुनी रोग; नीलारुण जीव।

purpureal a. = PURPLE.

purpuric a. नीलारुणरुजा-सम्बन्धी; नीललोहितीय, नीलारुण, बैंगनी रंगका (~ *fever*)।

purr v. i. & t. दे० PUR.

purree n. पीला रंग, हलदिया रंग।

purse[1] n. थैली, बटुआ, मनीबैग, पर्स; (ला०) निधि,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

कोष, धन, सम्पत्ति, खजाना, पूँजी; सहायता-निधि, पारितोषिक; शुल्क, चन्दा; light ~ दरिद्रता; long ~ धनाढ्यता; ~-bearer कोषाध्यक्ष, कोषरक्षक, धनपाल, खजांची; कोषवाहक; ~-net ग्रन्थिजाल; ~proud धनाभिमानी; *a full ~ never lacks a friend* बने-बनेका सब कोई साथी बिगड़ेका नहिं कोय।

purse[2] v.t. & i. (होंठ, भौं आदि) सिकोड़ना, सिकुड़ना, चढ़ाना, (पर) बल पड़ना या डालना; झुर्रियाँ निकलना, झुर्रीदार होना; (क्वचित्) थैलीमें रखना, बटुएमें डालना।

purseful n. थैलीभर, बटुआभर, बसनीभर।

purseless a. बेथैली, बेखीसा, निर्धन।

purser n. कोषपाल, रोकपाल; पोताधिकारी, पोत-लेखाधिकारी, पोतभण्डारी, जहाजका खजांची।

pursership n. पोतलेखाधिकारी-पद या स्थान, जहाजके खजांचीका पद।

pursiness n. फुप्फसपन, पोलापन, दम चढ़ने या फूलनेकी अवस्था।

purslane n. लोणी, लोनी, लोनिका, लोनिया, कुल्फा।

pursuable a. अनुगम्य, अनुधाव्य, अनुवर्तनीय, स्वीकार्य, ग्राह्य, अनुसरणीय, पालनीय।

pursuance n. पालन, अनुसरण, अनुवर्तन, अनुगमन, प्रवर्तन, अनुसन्धान, अनुष्ठान, अनुशीलन, कार्यान्वय, पैरवी।

pursuant[1] a. अनुरूप; पालक, अनुसारी, अनुवर्ती।

pursuant[2] adv. का पालन करते हुए, के अनुसार।

pursue v.t. & i. अनुधावन करना, पछियाना, खदेड़ना, रगेदना, पीछा करना; (ला०) पालन करना, अनुवर्तन करना, अनुशीलन करना, चिपके रहना, लगे रहना; अनुसन्धान करना, अनुष्ठान करना, खोजना, ढूँढ़ना, तलाशना; (योजना आदिका) पालन करना, अनुसरण करना, प्रवृत्त होना, लगे रहना; अध्ययनरत होना, अनुशीलन करना; (किसी व्यवसायको) अंगीकार करना, स्वीकार करना, अपनाना; चलाना, पैरवी करना, किये जाना, जारी रखना।

pursuer n. अनुगामी, अनुवर्ती, अनुसारी; पैरवी करने-वाला, खदेड़ू; अनुष्ठाता, पालनकर्ता; वादी, अभिशंसक, अभियोगी, मुद्दई।

pursuit n. अभिनिवेश, अनुसरण, अनुगमन, अनु-धावन, पैरवी, पीछा; अनुष्ठान, पालन; अनुसन्धान, अन्वेषण, खोज, तलाश; प्रयत्न, उद्यम, उद्योग, व्यवसाय, आचरण, व्यवहार, व्यापार, वृत्ति, धन्धा, काम-काज, कारोबार।

pursuivant n. शस्त्रमहाविद्यालयाधिकारी; दूत, चर, गण, चोबदार; (का०) सेवक, परिचारक; अनुचर, अनुयायी, अनुवर्ती।

pursy a. फुप्फस, पोला, फूला हुआ, जिसका दम जल्दी फूल जाय, बेदम; स्थूल, थोथला, मोटा, धमधूमर; कुंचित, झुर्रीदार, भँजा हुआ, बल पड़ा हुआ, सिकुड़ा हुआ, शिकनदार।

purtenance n. (प्रा०) हृदय, दिल, कलेजा; फुप्फुस, फेफड़े; अन्त्र, आँत, अँतड़ी; भेजा: = APPURTENANCE.

purulence, -cy nn. पूयस्राव, पूयस्राविता, पूय-पूर्णता, क्लेदयुक्तता, मवादीपन।

purulent a. पूयमय, पूयस्रावी, क्लेदयुक्त, पीववाला।

puruloid a. पूयीय, पूय-विषयक, क्लेद-विषयक, पीप-सम्बन्धी, पीववाला, मवादका, पीवका, पसका; पूयवत्, क्लेदवत्, पीप-सदृश, पीव-जैसा, मवाद-जैसा, पस-जैसा।

purvey v.t. & i. (खाद्यार्थका) प्रबन्ध करना, प्रदान करना, जुटाना, पहुँचाना; व्यवस्था करना, रसद पहुँचाना, संग्रह करना, जमा करना; आहाराधिकारी या भण्डारीका काम करना।

purveyance n. खाद्य-व्यवस्था, रसद-संग्रह; खाद्य, भोजन सामग्री, रसद, खूराक; राजक्रयाधिकार; संविधा।

purveyor n. आहाराधिकारी, आहारदायक, खाद्य-संग्राहक, खाने-पीनेकी सामग्री जुटानेवाला, भण्डारी, रसद-पूरक।

purview n. मुख्यांश, संविधि-भाग, प्रविधान-खण्ड; (अधिनियम, प्रलेख, योजना, पुस्तक, व्यवसाय आदिका) विस्तार, सीमा, क्षेत्र, परिसर, फैलाव; दृष्टि-क्षेत्र, कल्पना-क्षेत्र; दर्शन, पर्यवलोकन।

pus n. पूय, क्लेद, पीप, पीव, मवाद, पस।

push[1] n. प्रहार, धक्का, चपेट, ठेल, रेला, ठेल-पेल; प्रभावोपयोग; (शस्त्र या सींगका) आघात, टक्कर, वार, हूल; प्रबल प्रयत्न, पूरी कोशिश; (सेना०) प्रबल आक्रमण, तगड़ी चढ़ाई; चाप, दबाव, जोर, बोझा; विषमता, जटिलता, अभाव, तंगी; महोद्यम, उद्योग, संकल्प, स्वत्वाग्रह; (ग्रा०) दस्युदल, अपराधी-वर्ग; ~-ball (भारी गेंदको ढकेलकर खेला जानेवाला) खेल; ~-bike (ग्रा०) बाइसिकिल; ~ cart⊙ दुपहिया ठेलागाड़ी; ~ cartman⊙ ठेलेपर लादकर घूम-घूमकर बेचने-वाला; ~ pins⊙ डाइग पिन।

push[2]* v.t. & i. धकियाना, धकेलना*, धक्का देना, ठेलना*, रेलना, पेलना, लुढ़काना, ढकेलना, खिसकाना, सरकाना; झपटना, उछलना, कूदना, खिसकना, सर-कना, ढुलना; सींग मारना, सिंगियाना; प्रस्फुटित करना या होना, अंकुरित करना या होना, बाहर निकालना, निकलना, फूटना; आगे बढ़ना या बढ़ाना, चलाना; झपटना; चीरकर निकल जाना; प्रबल चेष्टा करना, बल लगाना, जोर मारना; अनुरोध करना, आग्रह करना; सन्नद्ध करना, प्रेरित करना, उकसाना, उभाड़ना, पीछे पड़ना; प्रवर्तन करना, स्थापना करना, प्रतिपादन करना; सचेष्ट होना, प्रयत्नशील होना, कार्यरत होना; वर्धन करना, विस्तार करना, बढ़ाना; विवश करना, बाध्य करना, तंग करना, दबाना, लाचार करना; ~ *through* परिणत करना, निभा ले जाना, काम निकाल ले जाना।

pushable a. आधक्य, आधक्नीय, धकियाने योग्य, चपेट देने योग्य, ठेलने योग्य; आघात देने योग्य, टक्कर देने योग्य, हूलने लायक; प्रबल आक्रमण करने योग्य, तगड़ी चढ़ाई करने योग्य; महोद्यमनीय, उद्योगयोग्य,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

संकल्पयोग्य ।

pusher n. धकेलनेवाला, ढकेलू; ठेलनेकी मशीन ।

pushful a. महोद्यमी, साहसी, उद्योगी, दृढ़संकल्प, स्वत्वाग्रही ।

pushing १. n. चेष्टा, उद्यम; प्रक्षेपण, प्रेरण, आघात, टक्कर, ठेल-पेल; २. a. चेष्टारत, उद्यमी, उद्योगी, आगे बढ़नेके लिए प्रयत्नशील, घुस-पैठवाला, ढकेलनेवाला ।

Pushtoo n. पश्तो, पठानी भाषा ।

pusillanimity n. भीरुता, कायरता, क्लीवता, नीचाशयता, लुच्चापन, नामर्दी, बुजदिली ।

pusillanimous a. भीरु, कायर, पामर, क्लीव, नीचाशय, नामर्द, बुजदिल ।

pusillanimousness n. भीरुता, कायरता, कादरता, नीचाशयता, लुच्चापन, बुजदिली ।

puss n. (बिल्लीका प्यारका नाम) पूसी, म्याऊँ, मुनमुन; बाघ, चीता; खरहा; (बोल०) लड़की, लौंडिया, मुन्नी, बिट्टो, छबीली ।

pussy n. (बच्चोंकी बोलीमें) पूसी, म्याऊँ, मुनमुन; कोई कोमल रोएँदार वस्तु; ~foot मद्यनिषेधवादी, नशाबन्दीका समर्थक ।

pustulant a. फफोले पैदा करनेवाला ।

pustular, pustulous aa. सगुटि, स्फोटपूर्ण, छालेदार, फफोलेदार ।

pustulate a. फफोलेदार, फुंसीदार, फोड़ेदार, छालेदार; (वन०, जन्तुवि०) पूयिकामय, पिडिकामय, किणयुक्त, पूययुक्त, मशकमय, मस्सेदार, गुमड़ीदार ।

pustulation n. फफोले बनना, छाले पड़ना; पूयिका-निर्माण, आचिल-निर्माण, मशक-निर्माण, मसा बनना, गुमड़ी बनना ।

pustule n. फफोला, फुंसी, फोड़ा, छाला; (वन०, जन्तुवि०) पूयिका, पिडिका, किण, आचिल, मशक, मसा, गुमड़ी, गाँठ; malignant ~ सांघातिक स्फोट, घातक अर्बुदरोग ।

pustulous a. = PUSTULAR.

put[1], **putt** n. प्रक्षेपण, फेंक, फेंकाई; विक्रय-संकल्प, सौदा ।

put[2]* v.t. & i. फेंकना, धकेलना; भोंकना, घोंपना; दागना, छोड़ना, मारना; (खानमें कोयलेका) ट्राम चलाना, ठेला चलाना; (बन्दूरगाहसे दूर या इसकी ओर) प्रस्थान करना, रवाना होना; स्थित करना, रखना*, डालना*; अंकित करना, लिखना, लगाना; जोतना, नाधना; (गायको बर्दवानेके लिए साँड़के पास) ले जाना; उतारना, ले जाना, पार लगाना; रोपण करना, डालना; उपस्थापित करना, प्रस्तुत करना, पेश करना; अर्पित करना, समर्पित करना, दे देना; मिश्रित करना, मिलाना, घोलना; कूतना, दाम लगाना; प्राक्कलन करना, आकलन करना, आँकना, अनुमान करना; रूपान्तरित करना, अनूदित करना, उलथा करना; व्यक्त करना, अभिव्यक्त करना, प्रकट करना; महत्त्व देना; आधारित करना, निर्भर करना; प्रयुक्त करना, उपयोग करना, काममें लाना; भावना करना, कल्पना करना; प्रतिहस्तापन करना, प्रतिहस्तस्वरूप करना; दाँव लगाना, शर्त रखना; (पूँजी आदि) अधिष्ठित करना, विनियुक्त करना; निवेदन करना, अपील करना; आमन्त्रित करना, आह्वान करना; आरोपित करना, लागू करना; (अपमान, तिरस्कार आदि) होना, किया जाना; बलिपशु बनना, शिकार बनना; दोषारोपण करना, आरोप लगाना; परिणत करना, अन्वित करना; रूपान्तरित करना, बदलना; (मामलेको) ठीक कर देना, बना देना; (गलत मार्गपर) सिद्ध करना, बताना; (घड़ी इत्यादि) तेज करना; प्रवृत्त करना, कार्य करनेको कहना; बाध्य करना, विवश करना, दबाव डालना, मजबूर करना; ~ *a check, stopper, veto on it* (इसे) वर्जित करो, रोको, मना करो; ~ *across* सम्पादन करना, पूर्ण करना, कृतकार्य होना; सफलता पाना, पार करना; ~ *an end, period, stop, to it* समाप्त करो, बन्द करो, खतम करो; ~ *away* (प्रा०) विवाहविच्छेद करना, तलाक देना; अस्वीकार करना; सँजोकर रखना, सँभालकर रखना; (प्रा०) खाना-पीना, उड़ाना; कैदमें डालना, बन्धक रखना, गिरवी रखना; ~ *back* गतिरोध करना, प्रगति अवरुद्ध करना, रोकना; पूर्ववत् कर देना, पूर्वस्थित करना; (घड़ीकी सुइयोंको) पीछे हटाना; ~ *by* (तर्क या प्रश्न) टाल जाना, टरका देना; सुरक्षित रख छोड़ना; ~ *down* पराभूत करना, दमन करना, कुचल देना, दबा देना, जबानपर ताला लगाना; (व्यय आदिमें) कटौती करना, घटाना, कम करना; (खर्चीली वस्तुओंका उपयोग) बन्द कर देना; लिख देना; समाविष्ट करना; समझना, ख्याल करना; ~ *forth* शक्ति लगाना, उद्योग करना; वाग्मिता प्रकट करना; प्रकाशित करना, निकालना; अंकुरित करना, फोड़ना, निकालना; ~ *forward* (स्वयंको) प्रदर्शित करना, आगे करना; (सिद्धान्त) स्थापित करना, प्रतिपादित करना; ~ *in* पद-प्रतिष्ठित करना, भर्ती करना; ~ *it on* अधिक मूल्य लेना, ज्यादा दाम लेना; पहन लेना; ~ *off* स्थगित करना, टालना, हीले-हवाले करना; वर्जित करना, हटाना, रोकना; वंचित करना; आरोपित करना, मत्थे मढ़ना; (वस्त्र) उतारना; (नाव इत्यादिका तटसे) प्रस्थान करना, रवाना होना; ~ *on* (वस्त्र) धारण करना, पहनना; (चरित्र-स्वरूप) ग्रहण करना, अभिनय करना; (मांस या भार) बढ़ जाना; ~ (*our*) *heads together* मन्त्रणा करना, परामर्श करना, मशविरा करना; ~ *out* (कन्धे आदिका) जोड़ अलग हो जाना; (क्रिके०) आउट कर देना; बुझाना, गुल कर देना; अस्त-व्यस्त कर देना, गड़बड़ कर देना; दुखाना, सताना, परेशान करना; ~ *through* पूर्ण करना; टेलीफोनका नम्बर मिलाना; ~ *together* संयुक्त करना, जोड़ना, जुटाना; (क्रिके०) रन बनाना, स्कोर करना; ~ *up* (सवारके रूपमें) नियोजित करना, नौकर रखना; अभिनय करना, नाटक खेलना; (शिकारको) शिकारगाहसे निकालना, हाँका करना, खेदा लगाना; प्रस्तुत करना; याचना करना; ~ *up with*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

रहना; नतमस्तक होना, सहन कर जाना, पी जाना, गम खा जाना।

putative a. ख्यात, प्रसिद्ध (~ *marriage*); उक्त, कथित; कल्पित, अनुमानित, अनुमानसिद्ध।

pute a. (प्रा०) विशुद्ध, केवल (*pure & ~*)।

puteal n. (रोमन प्रा०) कुएँकी जगत, कुएँकी मुँडेर।

putid a. नीच, अधम, रद्दी।

putidity n. = PUTIDNESS.

putidness n. अवरता, अश्रेष्ठता, तुच्छता, नीचता, अधमता।

put-log, ~-lock n. कड़ी, शहतीर।

putrefacient a. पूयकारी, पूयोत्पादक, सड़न पैदा करनेवाला, पोववाला।

putrefaction n. पूयन, पूति, पूतिगन्ध, सड़ाँध, बिसाँध, बदबू।

putrefactive a. पूयकारी, पूतिगन्धी, पूयोत्पादी, पूयनशील. सड़ानेवाला (~ *bacteria*)।

putrefiable a. पूयोत्पाद्य, सड़न पैदा करने योग्य।

putrefy v. i. & t. पूयोत्पत्ति होना, उपसना, सड़ना, मवाद पड़ जाना; भ्रष्ट होना, पतित होना; सड़ाना, गलाना, उपसाना; गन्दा करना या होना, बिगाड़ना।

putrefying a. = PUTREFACTIVE.

putrescence n. पूति, पूयनशीलता, दुर्गन्ध, सड़ान्ध।

putrescent a. पूयनशील, उग्रगन्ध, गला-सड़ा, बूदार।

putrescible a. पूयनशील, पूयनीय, दुर्गन्धित होने योग्य, सड़ने योग्य।

putrid a. पूत, पूयिक, गलित, दुर्गन्धित, कुवास, उपसा हुआ, गला-सड़ा हुआ; अस्वास्थ्यकर, अपवित्र, हानिकर, गन्दा; (ला०) भ्रष्ट, दूषित; (ग्रा०) घटिया, रद्दी; ~ fever मोहज्वर, सन्निपातज्वर।

putridity, putridness nn. पूति, सड़ाँध, बिसाँध, उपसाँध।

putrilage n. पूति, पूति-द्रव्य, मवाद।

putsch n. क्रान्ति, विद्रोह।

putt[1] n. (गोल्फके खेलमें गेंदपर) आघात, प्रहार, चोट, पुट।

putt[2] v.t. (गोल्फके गेंदपर) आघात करना, प्रहार करना, चोट करना।

puttee n. पट्टी।

putter n. (गोल्फमें) पटर, छोटी छड़ी।

puttoo n. पट्टू।

putty[1] n. धातु-ओप, (काँच या धातु निखारनेके लिए) सीसेका चूर्ण; (चूने-पानीका बलूमहित) पतला गारा, पुचारा; लेपिका, (काँचफलक) जोड़नेका मसाला, पुटीन।

putty[2] v.t. (पुटीनसे) आवृत करना, चिपकाना, पुटीन लगाना, जोड़ना, भरना।

puy n. शंकुशैल, शंक्वाकार ज्वालामुखी पहाड़ी।

puzzle[1] n. व्यग्रता, उद्विग्नता, विकलता, व्यामोह, वैकल्य, घबराहट, हैरानी, परेशानी; जटिल समस्या, गोरखधंधा, उलझेड़ा, टण्टा, पेचीदा मामला; कूट, पहेली।

puzzle v.t. & i. व्यग्र करना या होना, उद्विग्न करना, विकल करना, घबराना, हैरान करना, हक्का-बक्का करना या होना, परेशान करना; (समस्याका) समाधान करना, सुलझाना, हल करना।

puzzled a. मूढ़, भ्रान्त, विकल, परेशान।

puzzledom, puzzlement nn. व्यग्रता, उद्विग्नता, विकलता; व्याकुलता, घबराहट, हैरानी, परेशानी।

puzzlement n. दे० PUZZLEDOM.

puzzler n. भ्रान्तिकारी, उलझनमें डालनेवाला, घबरा देनेवाला।

puzzling a. व्यग्रकारी, उद्वेजक, उद्वेगकर, विकलता-जनक, घबराहट पैदा करनेवाला, व्याकुलता पैदा करनेवाला, परेशान करनेवाला।

pyaemia n. पूयरक्तता, पूयरक्त, रक्तपूयन, विषाक्त रुधिर।

pyaemic a. पूयरक्तात्मक, पूयरक्तताके रोगसे सम्बन्धित।

pycnometer n. द्रवघनमान, द्रवघन-मापक यन्त्र।

pye n. = PIE.

pyedog, pi(e)- n. पाही कुत्ता, लावारिस कुत्ता; संकरवर्ण व्यक्ति, दोगला पशु।

pygm(a)ean a. वामनसदृश, वामनोचित, बौनेका-सा।

pygmy[1] n. वामन, बौना; (ला०) अल्पबुद्धि; परी, अप्सरा।

pygmy[2] a. वामनीय, बौनोंका।

pyjamas, paj- ⊙ n. pl. पायजामा, पैजामा।

pylon n. तोरण, सिंहद्वार; कोट, पुर।

pyloric a. पक्वाशयद्वार-सम्बन्धी, निजठर-, मुद्रिका-कपाटीय, ग्रहणीद्वार-सम्बन्धी (~ *artery, valve*)।

pylorus n. निजठर, मुद्रिकाकपाट, ग्रहणीद्वार।

pyogenesis n. पूयन, पूय-निर्माण, क्लेद-जनन, पीप-निर्माण, पीब भरना, मवाद बनना, पस बनना।

pyoid a. पूयवत्, क्लेद-सदृश, पीप-सदृश, पीब-जैसा, मवाद-जैसा, पस-जैसा।

pyometra n. गर्भाशय-पूयता।

pyorrhoea n. दन्ताद, दन्तपूय, पूयस्राव, पायरिया।

pyramid n. स्तूप, मीनार; स्तूपाकार क्षेत्र; कोणस्तूप, सूचीस्तम्भ, पिरामिड; कोणस्तूपाकार वस्तु, ढूह या ढेर; कोणस्तूपाकार पौधा।

pyramidal a. स्तूपीय, शुण्डाकार, सूच्याकार, स्तूपाकार, सूचीस्तम्भीय।

pyramidical a. = PYRAMIDAL.

pyramidist n. पिरामिड-विशेषज्ञ।

pyramidoid n. शंकु, पिरामिड; स्तूपाकृति।

pyramidoidal a. शंकुवत्, स्तूपवत्, शंकु-सदृश, पिरामिड-जैसा।

pyramidwise adv. स्तूपशः, स्तूपके नमूनेपर।

pyre n. चितिका, चिति, चिता।

pyretic a. & n. ज्वरहारी (औषध)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

pyretogenous a. ज्वरजनक, ज्वरकारी, बुखार पैदा करनेवाला।
pyretology n. ज्वारिकी, ज्वर-विज्ञान, ज्वर-शास्त्र, ज्वरचिकित्सा-शास्त्र, बुखारका वैद्यक-शास्त्र।
pyretotherapy n. ज्वर-चिकित्सा।
pyrexia n. (निदान०) ज्वर, ताप, बुखार।
pyrexial, pyrexic, -al aa. ज्वरीय, तापात्मक, बुखार-सम्बन्धी।
pyrheliometer n. सूर्यतापमान।
pyriform a. रुचिफलाकार, नाशपाती-जैसा।
pyrite n. (खनिज) माक्षीक, पाइराइट।
pyroclastic a. ज्वालोत्पन्न, ज्वालामुखी-जनित; अश्म-शकलोत्पन्न, अग्निशैल-खण्ड-जनित, ज्वालामुखी चट्टानोंके खण्डोंसे बना हुआ।
pyrogenetic a. = PYROGENIC.
pyrogenic a. ऊष्मोत्पादी, ऊष्माजनक, गर्मी उत्पन्न करनेवाला।
pyrogenous a. आग्नेय, अग्निज, ज्वालोत्पन्न, आगसे उत्पन्न।
pyrographist n. तुद-शिल्पी, अग्निशलाका-शिल्पी, कुरेदनी बनानेवाला।
pyrography n. तुद-शिल्प, अग्निशलाका-शिल्प, कुरेदनेकी कला।
pyrogravure n. = PYROGRAPHY.
pyrolatry n. वह्निपूजा, अग्निपूजा, अग्निभक्ति, अग्नि-उपासना।
pyrologist n. ज्वालाविज्ञानी, अग्निविज्ञानी, अग्नि-शास्त्री।
pyrology n. ज्वालाविज्ञान, अग्निविज्ञान, अग्निशास्त्र।
pyrolysis n. उत्तापविच्छेद, तापविघट्टन, अग्न्यशन।
pyromancy n. अग्नि द्वारा शकुन बतानेकी रीति।
pyromania n. ज्वाला-उन्माद, अग्नि-उन्माद, आग लगानेका उन्माद।
pyrometamorphism n. ऊष्मज शैल-परिवर्तन, तापक्रम द्वारा चट्टानोंका परिवर्तन।
pyrometer n. उत्ताप-मापी, तापमान, ज्वालामान।
pyrometry n. ऊत्ताप-मापन, तापमिति।
pyromorphosis n. = PYROMETAMORPHISM.
pyrophobia n. ज्वालाभीति, अग्निभय, आगका डर।
pyrotechnic[1] n. (pl.) अग्निक्रीडा, आतिशबाजी।
pyrotechnic[2] a. अग्निक्रीडा-सम्बन्धी, आतिशबाजीका; (ला०) विचक्षण, आशुग्राही, चमत्कारयुक्त।
pyrotechnical a. अग्निक्रीड़ा-विषयक, आतिशबाजी-सम्बन्धी।
pyrotechnist n. अग्निक्रीड़क, आतिशबाज।
pyrotechny n. अग्निक्रीड़ा, अग्निक्रीडनिकी, आतिश-बाजी।
Pyrrhic[1], **p-** n. प्राचीन यूनानियोंका युद्ध-नृत्य; छन्दो-मयपद या चरण।
Pyrrhic[2] a. नाशात्मक, सत्यानासी (~ *victory*)।
Pyrrhonism n. नास्तिकता, उग्रसशयवाद, शकीपन।
Pyrrhonist n. नास्तिक, उग्रसंशयवादी, शकी।
Pyrus n. रुचिफल, नाशपाती।
Pythagorean n. पिथागोरसका अनुयायी, शाकाहरी।
pythogenic a. पंकोत्पन्न, धूलिसे उत्पन्न।
python n. अजगर; प्रेत; प्रेताभिभूत व्यक्ति।
pythoness n. प्रेताभिभूत स्त्री; चुड़ैल, डाइन।
pythonic a. अजगरका, पाइथनी, पाइथन-विषयक, अनागत कथन-विषयक, भविष्यवाणी-सम्बन्धी।
pyxis n. पेटिका, सन्दूकची, डिब्बा, डिबिया।

Q

Q (pl. *Qs, Q's*) अंग्रेजी वर्णमालाका सत्रहवाँ अक्षर, क़।
Q-boat n. भेदिया नौका।
qua adv. के रूपमें, की हैसियतसे।
quack[1] n. हंसनाद, कैं-कैं (बत्तखका शब्द); ~-~ (बच्चोंकी बोलीमें) बतख।
quack[2] v. i. कैं-कैं करना, बतखकी तरह टर्राना; चिल्ला-चिल्लाकर बकना।
quack[3] n. मिथ्याचिकित्सक, किंवैद्य, कुवैद्य, कठवैद्य, नीम हकीम; दाम्भिक, भँड़ुआ, अताई, अनाड़ी।
quack[4] v. i. & t. कुवैद्य होना; शेखी मारना; विज्ञापन करना।
quackery n. मिथ्या-चिकित्सा, कठवैद्यकी, नीम हकीमी; मिथ्याभिमान।
quackish a. कुवैद्य-सदृश।
quackism n. मिथ्या-चिकित्सा, छद्म-चिकित्सा, किंवैद्यकी, कुवैद्यकी, कठवैदकी, नीमहकीमी।
quacksalver n. = QUACK[3].
quad n. = QUADRANGLE, QUADRAT, QUADRUPLET.
quadra n. वर्गाकार फ्रेम।
quadrable a. वर्ग्य, वर्गाकार बनाने योग्य।
quadragenarian a. & n. चालीस वर्षका (मनुष्य)।
Quadragesima n. (~ *Sunday* भी, क्रिस्तानोंके चालीस दिनके व्रतका) प्रथम रविवार।
quadragesimal a. चालीस दिनका; चालीस दिनतक व्रत रखनेवाला।
quadrangle n. चतुष्कोण, चतुर्भुज; चतुःशाल, चौखूँटा आँगन।
quadrangular a. चतुष्कोणीय, चतुर्भुजीय, चौखूँटा।
quadrant n. (प्रायः वृत्तका) पाद, चरण, चतुर्थांश, चतुर्थ भाग, चौथाई; (कोण नापनेका) पाद-यन्त्र।
quadrantal a. वृत्तपादीय, वृत्तपाद-विषयक।
quadrat n. (छपाईमें व्यवहृत) वर्ग, चतुष्कोणक,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

चतुष्कोणखण्ड, क्वाड ।

quadrate[1] n. चतुष्कोण, चतुर्भुज, चौकोर टुकड़ा या चद्दर, चौका ।

quadrate[2] v.t. & i. (क्र०) वर्ग बनाना, वर्गाकार बनाना, वृत्त इत्यादि चौकोर करना; अनुकूल होना, जोड़ खाना, ठीक बैठना ।

quadrate[3] a. (विशे० श० र० शा०) वर्गाकार, चतुष्कोणीय, चौखूँटा, आयताकार (~ *bone*) ।

quadratic[1] n. वर्गसमीकरण, द्विघात-समीकरण ।

quadratic[2] a. (क्र०) द्विघात-, द्विघातीय; चतुरस्रीय, चतुष्कोणीय, वर्गात्मक (~ *equation*) ।

quadratrix n. (ज्या०) वक्र ।

quadrature n. वर्गाकारता, क्षेत्र-कलन, क्षेत्रनिश्चयन, क्षेत्रफलनिश्चयन; (ग० ज्यो०) तुरीयक (वह स्थान जहाँ चन्द्रमा सूर्यसे ठीक समकोणपर हो) ।

quadrel n. चतुष्कोण पाषाण, चतुष्कोण प्रस्तर, चौकोर पत्थर, पत्थरका चक्का, चौकी ।

quadrennial a. चतुर्वार्षिक, चतुर्वर्षीय, प्रत्येक चौथे वर्ष होनेवाला ।

quadricentennial n. चतुःशताब्दी (समारोह) ।

quadricorn n. चतुःशृंग, चार सींगोंवाला पशु, चरसिंहा, चरसिंघा ।

quadricostate a. चतुःपर्शु, चार पसलियोंवाला ।

quadricycle a. चतुश्चक्र, चार चक्रोंवाला ।

quadridentate n. चतुर्दन्ती, चौदन्ता ।

quadridigitate a. चतुरंक, चार अंकोंवाला ।

quadriennium n. (pl. *-ia*) चार वर्ष, चार साल ।

quadrifoliate n. (वन०) चतुष्पर्णी, चार पत्तियोंवाला ।

quadriga n. (pl. *-ae*) प्राचीन रथ ।

quadrigenarious a. चतुःशत, चार सौका ।

quadrilateral a. चतुःपार्श्व, चतुर्भुज (~ *prism*) ।

quadrilingual a. चतुःभाषीय, चतुर्भाषात्मक, चार भाषाओंवाला ।

quadriliteral[1] n. चार अक्षरोंका शब्द ।

quadriliteral[2] a. चतुरक्षरीय; चतुर्वर्णीय, चार अक्षरोंका ।

quadrille[1] n. अट्ठारहवीं शताब्दीका एक ताशका खेल ।

quadrille[2] n. चार जोड़ोंका नृत्य ।

quadrillion n. एकोत्तर चतुर्विंशतिख, एक करोड़ संख ।

quadrilocular a. चतुष्कोशीय ।

quadrinomial a. चतुःशाब्दिक; (बी० ग०) चार अंकका ।

quadripartite a. चतुर्विध, चतुर्वर्गित, चतुर्विभाजित, चार भागोंमें विभाजित, चार फाँकोंमें विभाजित ।

quadripartition n. चतुर्वर्गण, चतुर्भाजन, चतुर्विभाजन, चार भागोंमें विभाजन, चार फाँकोंमें बँटाई ।

quadripennate n. चतुष्पक्ष, चतुष्पतत्र, चार पंखोंका, चार पखनोंका ।

quadriphyllous a. चतुर्दल, चतुष्पत्र, चतुष्पर्ण, चार पत्तियोंवाला ।

quadriplegia n. चतुरंगसंस्तम्भ ।

quadrireme n. चार पालोंवाली नौका ।

quadrisection n. चतुर्वर्गण, चतुर्भाजन, चतुर्विभाजन, चार भागोंमें विभाजन, चार फाँकोंमें बँटवारा ।

quadrisyllabic a. चतुरक्षर, चार अक्षरोंका ।

quadrisyllable n. चतुरक्षर शब्द, चार अक्षरोंका शब्द ।

quadrivalent a. चतुर्योजक, चतुःसंयोजक; चतुर्युक्त ।

quadrivial a. चौराहेका; चार गणितोंका ।

quadrivium n. गणितचतुष्टयशास्त्र, गणितशास्त्रकी चार शाखाएँ—गणित, रेखागणित, ज्यातिष, संगीत ।

quadroon n. वर्णसंकर, दोगला (विशे० वह व्यक्ति जिसके शरीरमें एक चौथाई नीग्रो रक्त हो); दोनस्ला (जानवर, वनस्पति आदि) ।

quadrumanous a. चतुर्भुजी (दूध पिलानेवाले जानवर) चार हाथवाले ।

quadruped[1] n. चतुष्पाद, चतुष्पद, चौपाया ।

quadruped[2] a. चतुष्पदीय, चौपाया, चौपायेका ।

quadrupedal a. चतुष्पाद, चतुष्पदीय, चौपायेका ।

quadruple[1] n. चौगुनी संख्या या मात्रा ।

quadruple[2] v.t. चौगुना करना या होना ।

quadruple[3] a. चतुष्क, चतुर्गुण, चौगुना, चौहरा, चौलड़ा, चौपर्ता; चार इकाइओंका (~ *algebra*); चार दलोंका (~ *alliance*) ।

quadruplet n. (pl.) चतुष्क, चार बच्चोंका एक साथ जन्म; चार मनुष्योंका एक साथ काम; चार आदमियोंके सवार होने योग्य सायकिल (बोल० *quads*) ।

quadruplex a. चतुःस्तृत, चतुरस्तृत, चार स्तरका; चतुःपंक्ति, चार पंक्तियोंका ।

quadruplicate[1] n. (pl.) चतुर्थक, चौथी प्रति; चार प्रतियाँ ।

quadruplicate[2] v.t. चतुर्गुण करना, चौगुना करना; चार प्रतियाँ तैयार करना ।

quadruplicate[3] a. चौगुना; चार बार दुहराया गया; चार प्रतिलिपियोंवाला ।

quadruplication n. चतुर्गुणन, चतुर्गुणीकरण, चौगुना करनेका कार्य ।

quadruplicity n. चतुर्गुणावस्था, चौगुनापन ।

quaere n. पृच्छा, अनुसन्धान, अन्वेषण, खोज (*most interesting, but ~, is it true ?*) ।

quaestor n. (प्रा० रोमका सरकारी) कोषाध्यक्ष; वेतनवितरक; दण्डनायक, प्राचीन रोमन अधिकारी, न्यायाधीश ।

quaestorial a. QUAESTOR के दर्जेके अनुसार ।

quaestorship n. दण्डनायकपद, न्यायाधीशपद ।

quaestuary a. & n. धनार्जयिता (व्यक्ति), धन कमानेवाला (आदमी), जमा करनेवाला; क्षमाशील, क्षमा करनेवाला ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

quaff v. i. & t. अतिपान करना, पीना, खाली करना (प्याला इत्यादि), बड़े-बड़े घूँटोंमें पीना, एक साँसमें चढ़ा जाना।

quaffer n. अतिपायी, अतिमद्यप, अतिशय मदिरा-सेवी, बहुत शराब पीनेवाला; बड़े-बड़े घूँट पीनेवाला।

quag n. धँसन, धँसाव, धँसनी, दलदल।

quagga n. (गधेके सदृश) अफ्रीकाका एक चौपाया, गोरखर, दरियायी गधा।

quaggy a. दलदली, दलदलदार।

quagmire n. पंकभूमि, धँसन, धँसाव, दलदल; कछार।

quahog, -haug n. एक अमरीकी घोंघा, क्वाहॉग।

quaich, quaigh nn. (प्रायः काष्ठनिर्मित) सुरापात्र, एक विशेष प्रकारका प्याला।

quail[1] n. बर्तिका, वर्तक, बटेर; लवा; ~-call, ~-pipe बटेरकी-सी ध्वनिवाली मुरली।

quail[2] v. i. & t. (हृदयका) काँपना, धड़कना; (व्यक्तिका) विमुख होना, त्रस्त होना, साहस छोड़ना, दबना, हिम्मत हारना, घबड़ाना, ठमकना; (क्व०) त्रास देना, डराना, उत्साहहीन करना, धमकाना।

quailery n. वर्तकगृह, बटेरघर।

quaint a. अपरूप, विचित्र, विलक्षण, अनोखा, अनूठा; असंगत; अतिसूक्ष्म; विदग्ध, चतुर; (विशे०) पुराने आकार या ढंगका।

quaintness n. विलक्षणता, अनोखापन; सुकुमारता, कोमलता; उत्तमता; स्वाद।

quake[1] n. कम्प, प्रकम्प, उत्प्रकम्प, कम्पन, कँपकँपी, थरथराहट; भूकम्प, भूचाल।

quake[2] v. i. (भूकम्प आदिके कारण) कँपना, हिलना, थर्राना, चट्टानोंका इधर-उधर लुढ़कना; हिचकना, झिझकना।

quaker, Q- n. "सोसायटी आव् फ्रेण्ड्स्" का सदस्य, क्वेकर; साधारण भाषण; (जहाज या किलेकी) बन्दूक ⊙; एक प्रकारकी रंगीन चिड़िया; एक प्रकारकी रंगीन चिड़िया; एक प्रकारका रंगदार फतिंगा।

quakiness n. वेपमानता, कम्पायमानता, कम्पनशीलता, कँपकँपाहट, थरथराहट।

quaky a. कम्पायमान, कम्पनशील।

qualifiable a. संयम्य, सीमित करने योग्य; संशोध्य, सुधार करने योग्य; अर्ह्य, योग्यता-प्राप्य।

qualification n. अर्हता, योग्यता; गुण, क्षमता, पात्रता; गुणविशिष्टता, विशेषण; प्रतिबन्ध; औचित्य, नैतिक शक्ति, मर्यादा, इयत्ता, सीमा (*his delight had one ~*)।

qualificative a. संयमिता, सीमित करनेवाला; संशोधयिता, सुधार करनेवाला; अर्हकर्ता, अर्हकारी, योग्य बनानेवाला।

qualificatory a. अर्हता-सम्बन्धी, योग्यता-विषयक।

qualified a. अर्ह, अर्हताप्राप्त, योग्य, योग्यता-प्राप्त, योग्यताधारी, क्षम, लायक; विशेषित, सप्रतिबन्ध; गुणी, गुणसम्पन्न;

~ acceptance, ~ compounder, ~ elector, ~ officer, ~ ownership, ~ practitioner, ~ title.

qualifiedness n. अर्हता, अर्हताप्राप्ति, योग्यता, योग्यताप्राप्ति, क्षमता, काबलियत; विशिष्टता, विशेषितता।

qualifier n. & a. संयत, सीमित; योग्यता प्राप्त करनेवाला; संशोधक, सुधारक; कम या सीधा करनेवाला।

qualify v.t. & i. अर्ह होना, पात्रता पाना, योग्य होना या करना; कुछ ठहरकर वर्णन करना: (कथन या विचार) प्रशमित करना, सीमित करना; सुधारना, संशोधित करना; विशेषित करना, विशेषता बताना (*adjectives ~ nouns*); शान्त करना, धीमा करना, शक्ति कम करना; कम स्वादिष्ट करना, रसहीन होना; शक्ति कम करना; परीक्षामें उत्तीर्ण होना।

qualifying a. विशेषक, अर्हकर, योग्यताप्रदायी।

qualitative a. सत्ता-, गुणात्मक, जाति-वाचक, गुण-विषयक, स्वभाव-सम्बन्धी (*~ analysis, method*)।

qualitied a. गुणवान्, गुणात्मक, गुणयुक्त, वैशिष्ट्य-युक्त, लब्धप्रतिष्ठ, प्रतिष्ठाप्राप्त।

quality* n. तत्ता, गुण*, लक्षण, धर्म, स्वभाव, प्रकृति, शील, स्वरूप, प्रकार, रंगढंग (जैसे, *of good, high, poor ~*); *is made in three ~ies*; *~ matters more than quantity*); गुणता, विशेषता, लक्षण, गुणवत्ता (*give a taste of* one's *~*; *has many good ~ies*); कुलीनता, प्रतिष्ठा, गौरव, कोटि, श्रेणी;

~ allowance, ~ check, ~ class, ~ control, ~ dispute, ~ increment, ~ rebate, ~ standard, ~ variable, ~ variation.

qualm n. चिन्ता, आशंका, खटका, धड़का, धकधकी, अन्देशा; क्षणिक मूर्च्छा; उद्विग्नता, अधीरता, हड़बड़ी, परेशानी; वमनेच्छा, ओकी, ओकाई, मिचली, मतली; मनस्ताप, अनुताप, अनुशय, पश्चात्ताप, आत्मग्लानि, पछतावा।

qualmish a. आशंकित, चिन्ताशील; मनस्तापी, उद्विग्न; वमनेच्छु, जी मचलानेवाला।

qualmishness n. आशंकितता, चिन्ताशीलता; उद्वेजकता, उद्वेगजनकता, उद्वेगकरता; मतली, मचली, ओकाई।

qualmy a. = QUALMISH.

quandary n. द्वैधावस्था, दुविधा, असमंजस, अनिश्चितता, धर्मसंकट, व्याकुलता, घबराहट, परेशानी।

quannet n. (कंघी बनानेवालोंकी) रेती।

quant v. i. उछलना, कूदना; खेना, चलाना।

quantic n. (गणित) समघातक, समघात।

quantifiable a. अनुमान्य, कूतने योग्य।

quantification n. अनुमान, अन्दाज, तखमीना।

quantify v.t. (तर्क०; पद या प्रस्थापनाके) प्रयोगका लक्षण बताना; (किसी वस्तुका) परिमाण स्थिर करना, कूतना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

quantimeter n. क्षरश्मि-प्रवाहमान, क्षरश्मि-प्रवाह-मापक यन्त्र, एक्सरे-प्रवाह-मापक यन्त्र, क्वाण्टीमीटर ।

quantise v.t. मात्रा बताना, परिमाणमें व्यक्त करना ।

quantitative a. इयत्ता-, इयत्तात्मक, परिमित, परिमेय; परिणाम-सम्बन्धी, परिमाणवाचक, परिमाण-सूचक; स्वरसंख्यामूलक, मात्रात्मक, मात्रा-सम्बन्धी;

~ analysis, ~ characters, ~ data, ~ determination, ~ distribution, ~ examination, ~ inheritance, ~ method, ~ results, ~ studies, ~ value, ~ variation, ~ way.

quantitive a. (क्व०) = QUANTITATIVE.

quantity n. इयत्ता, विस्तार, आकारत्व; मान, परिमाण, मात्रा (*a small ~ of*); संख्या (*mathematics is the science of pure ~*); भार, तौल; योग, जोड़, जमा; (pl.) बाहुल्य, अधिकता, ज्यादती; (छन्द०, स्वरका) ध्वनि-विस्तार; (तर्क०) उद्देश्य व्याप्ति; पुंज, राशि, संचय, राशि, मिकदार, ढेर; negligible ~ नगण्य व्यक्ति या वस्तु ।

quantivalence n. (रसा०) अणुसंयोग, संयोग-क्षमता ।

quantum n. कियत्ता, मात्रा, प्रमात्रा, परिमाण, राशि, मिकदार, तादाद; भाग, हिस्सा; ऊर्जाणु, क्वाण्टम; ~ theory (भौ०) ऊर्जाणुवाद, क्वाण्टमवाद;

~ efficiency, ~ indices, ~-mechanical resonance, ~ model, ~ number, ~ physics, ~ state.

quaquaversal a. केन्द्रापगामी, प्रतिदिक्प्रक्षेपी, प्रतिदिगुत्क्षेपी, हर दिशामें निकला हुआ ।

quarantine[1] n. गमनागमन-निषेध, निरोधा, संसर्ग-रोध, संगरोध, रोगप्रतिबन्ध, चालीस दिन (संक्रामक रोगग्रस्त पोतके एकान्तवासकी अवधि); संसर्गरोधकाल;

~ check station, ~ flag, ~ leave, ~ port, ~ regulations, ~ stable, ~ station.

quarantine[2] v.t. निरोधायित करना, (संक्रामक-रोग-ग्रस्त पोत या व्यक्तिको एकान्तमें रखना) ।

quarenden, -der nn. (डेवनशायर और सामर-सेटमें प्राप्य) एक प्रकारका सेव ।

quarrel[1] n. (इति०) छोटा किन्तु भारी बाण; अबरी शीशा ।

quarrel[2] n. अनुयोगावसर, शिकायतका मौका (जैसे, *I have no ~ against* or *with him*); विवाद, कलह, द्वन्द्व, अनबन, तकरार, झगड़ा, टण्टा, लड़ाई; *find a ~ in a straw* थोड़ी-थोड़ी बातपर लड़ बैठना; *pick a ~* (किसी बहानेसे) विवाद पैदा करना, झगड़ा मोल लेना ।

quarrel[3] v. i. दोष निकालना, मीन-मेख निकालना, नुक्ताचीनी करना; विवाद करना, लड़ाई करना, हाथा-पाई करना, झगड़ना, झगड़ा करना, हुज्जत करना; कलह करना, फूट पैदा करना; *a bad workman ~s with his tools* नाच न जाने आँगन टेढ़; *~ with one's bread and butter* रोजी छोड़ देना, रोजीपर लात मार देना ।

quarreller n. दोषदर्शक, दोष निकालनेवाला, मीन-मेख निकालनेवाला, छिद्र निकालनेवाला, नुक्ताचीनी करनेवाला; विवादी, कलहकारी, लड़ाका, झगड़ालू; हाथापाई करनेवाला, झगड़नेवाला, हुज्जत करनेवाला ।

quarrelling a. कलही, द्वन्द्वी, झगड़नेवाला, हाथापाई करनेवाला, हुज्जत करनेवाला ।

quarrellous a. कलहप्रिय, द्वन्द्वप्रिय, झगड़नेवाला, हाथापाई करनेवाला, हुज्जत करनेवाला ।

quarrelsome a. विवादी, लड़ाका, झगड़ालू, टण्टे-बाज ।

quarrelsomeness n. लड़ाकापन, झगड़ालूपन, टण्टेबाजी ।

quarried a. उत्खात, खानसे निकाला हुआ ।

quarrier n. = QUARRYMAN. (*Quarry*[3] के अन्त-र्गत) ।

quarry[1] n. आखेट, अहेर, शिकार ।

quarry[2] n. (गवाक्षोंमें प्रयुक्त हीरकाकार) काचफलक ।

quarry[3] n. पाषाणी, आदिमक गर्त; पाषाण-खनि, खान, खदान; (ला०) समाचार-उत्स, समाचार-स्रोत; ~man खनक, खनिता, खान खोदनेवाला, कोहकन ।

quarry[4] v.t. & i. उत्खनन करना, खानसे खोदकर निकालना; (पुस्तक आदिका परिश्रमपूर्वक) संग्रह करना; प्रलेख या दस्तावेज आदिके ढूँढनेमें परिश्रम करना ।

quart[1] n. समाईका पैमाना, क्वार्ट, चौथाई गैलन, २ प्वाइण्ट; चतुर्थांश, चौथाई गैलनका बर्तन या बोतल; यवमदिरा-पात्र, जौकी शराबकी बोतल ।

quart[2] n. असिकलामें एक स्थिति, पटेबाजीमें एक ठाट या दावँ; चौथिया; ताशके एक खेलमें चार पत्तोंका क्रम; ~ & tierce पटेबाजीका अभ्यास ।

quart[3] v. i. & t. चौथिया चलाना या खेलना; (चौथिया चलाते समय सर आदिको) पीछे कर लेना ।

quartan[1] n. चतुर्थिक ज्वर, चौथिया (बुखार या जूड़ी) ।

quartan[2] a. चातुर्थक, चातुर्थिक, चौथिया ।

quartation n. (सोनेका) चतुर्थांश सम्मिश्रण ।

quarte दे० QUART[2].

quarter[1] n. तुरीय भाग, चतुर्थांश, चौथाई भाग, चौथा हिस्सा (*~ of a century*); (सं० रा० अमरीका तथा कनाडा) २५% या चौथाई डालर; (पशु या पक्षीके) शरीरका चौथाई भाग (*fore, hind, ~s*); (प्राणदण्ड-के अनन्तर विद्रोहीके) चतुर्धा विभक्त शरीरका एक भाग; (जीवित पशु या व्यक्तिका) श्रोणिनितम्बप्रदेश, जंघास्थल, चूतड़, पुट्ठा, कूल्हा; (नौवि०) जहाजके एक रुखका आधा पहलू; (दौत्य०) ढालका एक पहलू; (गला नापनेका) आठ बुशलका पैमाना; चौथा, क्वार्टर; चौथाई फैदम (= १॥ फुट); मासत्रय, त्रिमास, वत्सरपाद, वर्षपाद, पाव बरस, चौथाई साल; (भत्ता आदिकी) तिमाही किस्तः (अब विशे० स्कॉट०) स्कूलकी त्रैमासिक अवधि,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

पर्व; पक्षचतुर्थांश, चन्द्रकलाका चौथाई भाग; १५ मिनटका समय (*at a ~ to, past, six*); २५ पौण्डकी आय या सम्पत्तिकी इकाई; काष्ठा, आशा, दिशा, ओर, तरफ (*from all ~s*); दिग्देश, दिग्भाग, प्रान्त, प्रदेश, स्थान; मुहल्ला, टोला, गली, पुरा, पेठ, पट्टी (जैसे, *the Jewish, residential* etc., ~); (pl.) आवास, निकेतन, वास, वसति, वासगृह (*winter ~s*); कटक, शिविर, छावनी, पड़ाव; जीवनदान, प्राणदान, अभयदान, मृत्युदण्डसे मुक्ति (*give, receive, ~*); चौथाई मील, दो फर्लांग (*has run* or *done the ~*); ~-bound (किताब) केवल पुश्तेपर चमड़ेसे मढ़ी हुई; ~-day त्रिमास-दिवस, त्रैमासिक भुगतानका अन्तिम दिन; ~-deck (नौसेनाका) अधिकारी, अफसर; जहाजके पिछले भाग और पिछले मस्तूलके बीचके ऊपरी डेकका भाग; ~-master (नौवि०) भक्तयात्रिक, नौकर्णचारी, जहाजका एक छोटा अफसर; (सेना०, संक्षि० Q. M.) शिविर-नायक, सैन्य-वास-व्यवस्थापक, रसद-व्यवस्थापक, सामग्री-अध्यक्ष, कार्टर मास्टर; Q~master-General महाभक्तयात्रिक; (सेना०, संक्षि०, Q. M. G.) महाशिविरनायक, सामग्री महाध्यक्ष; ~ sessions त्रैमासिक न्यायालय; ~staff बड़ा लग्गा, लग्गी, लट्ठा; *at close ~s* अतिसमीप, पास-पास; *take up* one's *~s* बसना, टिकना, ठहरना;

~-angled, ~ average, ~ bale, ~-balk, ~-bell, ~ boards, ~ breed, ~ cast, ~ cloth, ~-cut, ~ ending, ~ final, ~ full-sized sheets, ~ girth measurement, ~ girth method, ~ girth rule, ~-hours, ~ land, ~-miler, ~ note, ~ pace, ~-parcels rate, ~ pay, ~ plate, ~-pointed, ~ points, ~-sheet, ~ stretch.

quarter[2] v.t. चतुर्धा करना, चतुर्विभक्त करना, चार भागोंमें बाँटना, चार टुकड़े कर देना; अलग करना; (दौत्य०) ढालके एक पहलूपर (शस्त्रास्त्र-चिह्न) अंकित करना; अँतरे पहलुओंपर रखना; (ढालको) खड़ी-पड़ी रेखा खींचकर बाँटना; (सैनिकोंको) विशिष्ट स्थानपर तैनात करना, ठहराना, पड़ावपर टिकाना; (प्रत्येक दिशामें दौड़ाना या भेजना; निवेशित करना, रखना।

quarterage n. त्रैमासिक भुगतान, तीन मासका भत्ता या पेंशन आदि।

quartered a. तुरीयित, चतुर्भाजित, चतुर्धा विभक्त; निवेशित, स्थापित।

quartering n. समाच्छिद्रण, चतुर्विभाजन, चार बराबर भागोंमें विभाजन; (दौत्य०, pl.) ढालपर अंकित चिह्न; वासादेश, निवेशन।

quarterly[1] n. त्रैमासिक पत्र-पत्रिका

quarterly[2] a. पादिक, त्रैमासिक, तिमाही (*~ examination, statement*)।

quarterly[3] adv. प्रति तीन मासपर; (दौत्य०) ढालके चार पहलुओंमें; एक-दूसरेके सर्वथा विरुद्ध दो पहलुओंमें।

quartern n. चार पौण्डकी डबल रोटी।

quartet(te) nn. चौराग, (चार ध्वनियों या वाद्योंके लिए एक गीत); चौरागके गायक; चतुष्क, चतुष्टय।

quartile n. (ज्योतिष०) चतुर्थक (*~ deviation*)।

quarto n. चतुःपत्रक, चौवरका, चौथाई तावका आकार; चार तह किये हुए कागजपर छपी पुस्तक; ~ paper दो बार मुड़ा हुआ कागज, चौपेजी कागज।

quartus a. चतुर्थ, चौथा।

quartz n. स्फट, स्फटिक, काचमणि, बिल्लौर, क्वार्ट्ज।

quartziferous a. सस्फट, स्फटिकमय, काचमणियुक्त, बिल्लौरयुक्त, क्वार्ट्जयुक्त।

quartzose a. सस्फट, स्फटिकमय, काचमणियुक्त, बिल्लौरयुक्त; स्फटवत्, स्फटिकवत्, काचमणि-सदृश, बिल्लौर-जैसा।

quartzy a. = QUARTZOSE.

quash v.t. अभिखण्डन करना, अवैध घोषित करना, समाप्त करना, नष्ट कर देना, मिटाना, रद्द कर देना, तोड़ना, खण्ड-खण्ड करना; प्रदमित करना, दमन करना, कुचलना, दबा देना; खारिज करना, मंसूख करना।

quashy a. क्लिन्न, सक्लेद, क्लेदित, क्लेदयुक्त, नम।

quasi conj. & prep. अर्थात्, यानी, गोया कि; -वत्, प्रतीयमानतः, प्रतिभासिक, आभास-कल्प, लगभग, प्रायः, अर्द्ध-, आधा- (जैसे, *engaged in a ~-war*)।

Quasimodo n. क्वासिमोडो, (ईस्टरके बादका प्रथम रविवार)।

quass n. रूसी मदिरा, रूसी शराब।

quassation n. कम्पन, हिलाना; प्रचूर्णन।

quassia n. (द० अमे०) एक वृक्ष, क्वैसी; (क्वैसी वृक्ष तथा अन्य वृक्षोंकी जड़ों एवं छालोंका) कटु क्वाथ, कड़ुवा काढ़ा।

quat n. = PIMPLE.

quater-centenary n. चतुःशतवार्षिक उत्सव (चार सौ वर्षपर मनाया जानेवाला समारोह)।

quaternary[1] n. चतुष्क, चतुष्टय, चौकड़ी; चतुर्थक, संख्या चार, चतुर्थ युग।

quaternary[2] a. तुरीय, चतुर्भागात्मक, चार भागों-वाला; चार रासायनिक तत्त्वोंसे निर्मित (*~ alloy*); संख्या चारसे सम्बन्धित, चतुर्मूलक; (भूगर्भ०) आधुनिकतम, नवीनतम, चतुर्थयुगीन।

quaternate a. चतुर्भागयुक्त, चार भागोंवाला।

quaternion n. चतुष्क, चतुष्टय, चौका, चौकड़ी, चौवा, चौलड़ी, चारका समाहार या समवाय; दोहरा किया हुआ चार तख्तोंका एक दस्ता; पाइथागोरसका चतुष्क, रहस्यपूर्ण संख्या चार या दस; (गणित) एक दैशिकको दूसरे दैशिकमें परिवर्तित करनेवाला भागफल; (pl.) दैशिक कलनका एक रूप।

quaternity n. चतुःकलाप, चतुःसमूह, चौकड़ी।

quaterzain n. क्वाटरजेन, (चौदह पंक्तियोंका सॉनेट)।

quatrain n. चतुष्पद छन्द, चतुःपदी, चतुष्पदी, चौपदी, चौपाई, चार पंक्तियोंका छन्द।

quattrocentist[1] n. पन्द्रहवीं शताब्दीका कलाकार।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

quattrocentist[2] a. पन्द्रहवीं शताब्दीवाला।
quattrocento n. (इटलीकी कलाकी) पन्द्रहवीं शती।
quaver[1] n. स्वरस्पन्दन, स्वरभंग, स्वरकम्प, गिटकरी; (संगीत) मध्यम सुर, आठवाँ सुर।
quaver[2] v. i. & t. (विशे० सुर या ध्वनिका) स्पन्दित होना काँपना, थरथराना, लरजना, लहराना, गिटकरी भरना; कम्पित स्वरमें कहना।
quaverer n. स्पन्दक, काँपनेवाला, थरथरानेवाला, लरजनेवाला, लहरानेवाला, गिटकरी भरनेवाला।
quavery a. कम्पमान, कम्पी, स्पन्दी, कँपकँपाहटवाला, लड़खड़ानेवाला।
quay n. (नौवि०) (माल चढ़ाने या उतारनेके लिए) घट्ट, घट्टी, कृत्रिम घाट।
quayage n. घाटका कर या महसूल।
queachy a. स्थूल, मोटा, थलथला, थुलथुला; शठ, मूढ़, मूर्ख, मतिहीन, निर्बुद्धि, बददिमाग, बेदिमाग; असद्विग्रही; रोगी।
quean n. स्वैरा, स्वैरिणी, कुलटा, दुश्चरित्रा, बदमाश, वेश्या, पतुरिया, हरजाई, गश्ती।
queasiness n. (भोजनकी) वमनकारिता, अरोचकता, भारीपन; = QUALMISHNESS.
queasy a. (भोजन) वमनकारी, अरोचक, भारी; = QUALMISH.
quebracho n. अमरीकाका एक कड़ी लकड़ीका वृक्ष, केब्राचो।
queen[1] n. महादेवी, राज्ञी, राजमहिषी, राजपत्नी, सम्राज्ञी, भूस्वामिनी, धराधिपा, महारानी, रानी, बेगम; (कुमारी मेरी-जैसी) पूज्य महिला, सम्मानित स्त्री; प्राचीन देवी या देवता; प्रणयिनी, प्रेमिका, प्रेयसी, प्रियतमा, प्राणप्रिया, प्राणेशा, हृदयेश्वरी, हृदयवल्लभा, प्यारी; सर्वसुन्दरी, रूपवती स्त्री; स्त्रीरूप, भावनीकृत दृष्टान्त, सुन्दर नमूना, रानी (जैसे, *the ~ of watering-places, roses*); रानी मधुमक्खी, रानी चींटी; (शतरंजमें) वजीर; (ताशमें) बेगम; (गुण०) बढ़िया, फैशनदार (*~-stitch*); ~ consort राजमहिषी, राजपत्नी, पटरानी, बेगम; ~'s-lace ⊙ जंगली गाजर; ~ mother राजमाता; ~'s weather घाम, धूप; Q~ *Anne is dead* यह समाचार अब पुराना हो गया; ~ *of hearts* सुन्दरी; Q~ *of love* शुक्र नक्षत्र; ~ *of the Adriatic* वेनिस नगर; ~ *of the meadows* जंगलकी रानी, सुगन्धित पुष्पका एक पौधा; ~ *of the seas* (इति०) ग्रेट ब्रिटेन, बर्तानिया; ~ bee, ~ blue, ~ dowager, ~ mother, ~post truss, ~'s blue, ~'s-root, ~stock, ~'s yellow, ~ truss.
queen[2] v.t. & i. सम्राज्ञी बनाना, राजमहिषी बनाना, रानी बनाना; (शतरंज) पैदलको बढ़ाकर वजीर या दूसरे मोहरेके घर पहुँचाना; (पैदलका) वजीर या दूसरा मोहरा बन जाना।
queendom n. सम्राज्ञीका पद, रानीका अधिकार।
queenhood, queenship nn. सम्राज्ञीत्व, राज्ञीत्व, रानीपन, बेगमपन, रानीका पद।
queening n. सेबकी एक जाति।
queenless a. सम्राज्ञी-शून्य, राजमहिषी-विहीन, रानी-रहित।
queenlike a. सम्राज्ञीवत्, राजमहिषी-तुल्य, रानी-सा।
queenliness n. सम्राज्ञीसदृशता, राजमहिषी-आचरण, रानीका-सा रूप अथवा आचरण।
queenly a. राज्ञीवत्, सम्राज्ञीसदृश, रानीकी भाँति, राजमहिषीके अनुरूप।
Queensberry n. (~ *Rules*) (क्वीन्सबरीके मार्क्विस द्वारा बनाये गये) मुक्केबाजीके नियम।
queenship n. = QUEENHOOD.
queer[1] v.t. (ग्रा०) अस्त-व्यस्त करना, अव्यवस्थित करना, नष्ट करना, बरबाद करना, खराब कर देना, बिगाड़ देना; अनमना कर देना, अचेत कर देना, घुमरिया देना; ~ *the pitch for* one किसीके लिए पहलेसे कठिनाई उपस्थित कर देना, किसीका काम बिगाड़ रखना।
queer[2] a. विलक्षण, अद्भुत, विचित्र, अपरूप, अपूर्व, असंगत, अजीब, अनोखा, अनूठा, निराला; अस्वस्थ, अनमना, शिरोवेदनासे ग्रस्त, घुमनीसे परेशान (*feel ~*); सन्देहजनक चरित्रका, सन्देहपूर्ण आचरणवाला; (ग्रा०) मद्यप, मद्यपायी, आसवसेवी, मदिरासेवी, पियक्कड़, शराबी, नशेबाज; *in ~ street* संकटमें।
queerish a. विलक्षण-सा, अद्भुत-सा, विचित्र-सा; अस्वस्थ-सा, अनमना-सा, अचेत-सा; मद्यप-सा, शराबी-सा।
queerness n. विलक्षणता, विचित्रता, अपूर्वता, अपरूपता, असंगति, अनोखापन; अस्वस्थता, चेतना-शून्यता, अनमनापन; मद्यपता, मद्यपायिता, आसवसेविता, मदिरासेविता।
queest n. वन्य हारीत, वन्य कपोत, जंगली कबूतर।
quell v.t. (का० एवं भाषण०) दमन करना, कुचल डालना, दबा देना, शान्त करना, ठण्डा कर देना, मिटा देना, शमन करना; अभिभूत करना, पराभूत करना; उच्छिन्न करना, बलात् समाप्त कर देना, मारना।
queller n. दमनकर्ता, कुचल डालनेवाला, दबा देनेवाला, शान्त करनेवाला, शमन करनेवाला; अभिभूत करनेवाला, मारनेवाला।
quench v.t. (प्रायः का० या भाषण०) निर्वापित करना, बुझाना, गुल करना; (ताप या तप्त वस्तुको) शीतल करना, ठण्डा करना; (इच्छा, गति या चालका) दमन करना, दबाना, रोकना; (प्यास) शान्त करना; (ग्रा०, विरोधीको) चुप कर देना, मुँह बन्द कर देना, बोलती बन्द कर देना; घटाना, कम करना।
quenchable a. निर्वाप्य, बुझाने योग्य, शान्त करने योग्य, शीतल करने योग्य; शम्य, तृप्य, दमनीय।
quencher n. क्रियार्थक अर्थोंमें; निर्वापक, बुझानेवाला, शान्त करनेवाला, दमन करनेवाला, शमन करनेवाला;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(प्रा०) कोई पेय वस्तु (*a modest ~*)।

quenching n. निर्वाप, निर्वापण, बुझाना; शमन, शीतलन, दमन, शान्तकरण, शान्ति।

quenchless a. अदम्य, अदमनीय, अशमनीय, अशाम्य, अतृप्य, अनिर्वाप्य, न बुझनेवाला।

quenchlessness n. अदम्यता, अदमनीयता, अशमनीयता, अशम्यता, अतृप्यता, अनिर्वाप्यता, न बुझनेकी स्थिति।

quenelle n. (पिसे हुए मांस या मछलीका) पिण्ड, लोंदा; (बकरी या मछलीका) सालन, मसालेदार गोश्त।

quercetum n. वंजूद्यान, वंजूपवन, ओक-उद्यान, ओक-उपवन, ओकका बागीचा।

querent n. (विशेषकर ज्योतिषीसे) प्रष्टा, प्राश्निक; पूछ-ताछ करनेवाला; वादी।

querimonious a. पिशुन, चुगलखोर, शिकायतबाज; कलहप्रिय, द्वन्द्वी, झगड़ालू।

querimoniousness n. पिशुनता, चुगलखोरी, शिकायतबाजी, कलहप्रियता, द्वन्द्विता, झगड़ालूपन।

querist n. आपृच्छक, प्राश्निक, प्रश्नकर्ता, पूछनेवाला।

querl n. & v.t. = CURL.

quern n. जाँत, चक्की, चकरी; ~-stone चक्कीका पाट।

querulous a. विलापी, परिदेवी, विलापशील, परिवेदनाकुल, शोकगर्भ, विषण्ण, विषादग्रस्त, दुःखात्मक, दुःखी; दुःशील, चिड़चिड़ा, कुड़कुड़ानेवाला, बदमिजाज; निन्दक, शिकायती।

querulousness n. विलपनशीलता, परिदेवित्व, परिवेदनाकुलता, निन्दा, शिकायत; शोकाकुलता, विषण्णता, विषादग्रस्तता; चिड़चिड़ापन, कुड़कुड़ाहट, बदमिजाजी।

query[1] n. पृच्छा, प्रश्न, अनुयोग, पूछताछ, सवाल; आपत्ति, आपत्तिस्वरूप प्रश्न, प्रश्न-चिह्न, प्रश्नसूचक शब्द।

query[2] v.t. & i. प्रश्न करना, पूछना, सवाल करना (*whether, if,* के साथ); प्रश्नचिह्न लगाना, पूछताछ करना, आपत्ति करना, सन्देह प्रकट करना।

quest[1] n. मार्गण, निरूपण, अन्वेषण, अनुसन्धान, खोज, जाँच; निरूपित वस्तु, अन्विष्ट वस्तु, खोजकी चीज; देखभाल; राजकीय शोध, सरकारी जाँच-पड़ताल; ~man अन्वेषक, जाँच-पड़ताल करनेवाला (अधिकारी); *in ~ of* (की) शोधमें, खोजमें, तलाशमें।

quest[2] v. i. &. t. (कुत्तेका) मृगयाशोधन करना, शिकार खोजना; अन्वेषण करना, जाँच करना, खोज निकालना, ढूँढ़ना।

question[1]* n. जिज्ञासा, अनुयोग, पृच्छा, प्रश्न*, सवाल; प्रश्नसूचक वाक्य; (यथार्थता आदिपर) आपत्ति*, संशय, आशंका, सन्देह (*beyond, out of, past, without, ~*); समस्या, मामला (जैसे, *a difficult ~*); विचार, विचारणा, विवाद, बहस; विवाद-विषय, विकल्प-विषय; (प्रा०; अपराध-स्वीकृति-निमित्त) प्रदत्त यातना, दी गयी प्रताड़ना (जैसे, *was put to the ~*); ~ and answer प्रश्नोत्तर; ~-mark *or* -stop प्रश्नचिह्न (?); समस्या; *call in ~* सन्देह करना, आपत्ति करना, एतराज करना; *come into ~* महत्त्वपूर्ण होना, महत्ता रखना; विचार हो जाना, विवाद हो चुकना; *in ~* विवादास्पद; *out of the ~* विषयातीत, अप्रासंगिक, असंगत; *put a ~ to* one (किसीसे) प्रश्न करना, पूछना, सवाल करना, दरियाफ्त करना; *put the ~* विषयको (श्रोताओंका मत लेनेके लिए) प्रस्तुत करना, *that is not the ~* असंगत है।

question[2] v.t. प्रश्न करना, पूछना, सवाल करना, दरियाफ्त करना; संशय प्रकट करना, सन्देह करना, शंका करना, आपत्ति करना, एतराज करना (*~ the honesty of*)।

questionability n. सन्दिग्धता, संशयात्मकता, सन्देहात्मकता, आशंकायुक्तता, शंक्यता, शंकार्हता; प्रश्नास्पदता।

questionable a. सन्दिग्ध, संशयात्मक, सन्देहात्मक, संशयास्पद, आशंकायुक्त, शंक्य, शंकार्ह; प्रश्नास्पद, विचार्य, पूछने योग्य।

questionableness n. = QUESTIONABILITY.

questionary १. n. दे० QUESTIONNAIRE; २. a. प्रश्नात्मक।

questioner n. पृच्छक, अनुयोगी, जिज्ञासु, प्रश्नकर्ता, प्रश्न करनेवाला, सवाल करनेवाला।

questioning n. परिप्रश्न, पूछताछ।

questionist n. = QUESTIONER.

questionless a. निःशंक, निःसंशय, निःसन्देह, असन्दिग्ध, आपत्तिरहित।

questionnaire n. प्रश्नावली, प्रश्नमाला, प्रश्नपत्रक।

questor n. कोषपाल, खजांची।

questuary a. धनार्जक, धनलोलुप, धनलोभी, धनका लालची।

quetzal n. सुपुच्छा, (एक मध्य अमरीकी) पक्षी, केज़ल।

queue[1] n. पंक्ति, कतार, लाइन, क्यू; वेणी, चोटी, लट।

queue[2] v.t. & i. पंक्ति बनाना, कतार बनाना, लाइन बनाना; वेणीसज्जा करना, चोटी गूँथना, लट बनाना, बाल बनाना।

quey n. गोवत्सिका, बछिया।

quibble[1] n. वाक्छल, छलोक्ति, वक्रोक्ति, वक्रवचन, अपलाप; शब्दश्लेष, द्व्यर्थक शब्द; द्व्यर्थक शब्दोंका प्रयोग; व्यपदेश, अपदेश, बहाना, टालमटोल, हीला-हवाला, दुराव, छिपाव।

quibble[2] v. i. वाक्छल करना, वक्रोक्ति बोलना, वक्रवचन बोलना, अपलाप करना; शब्दश्लेष-प्रयोग करना; व्यपदेश करना, अपदेश करना, बहाना बनाना, टालना, बात बनाना, टालमटोल करना, हीला-हवाला करना।

quibbler n. वाक्छली, वक्रोक्तिप्रयोक्ता, प्रलापी,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अपलापक; व्यपदेशक, अपदेशक, जुगुतबाज, बहानेबाज ।

quibbling n. वाक्छल, वक्रोक्ति, वक्रवचन, अपलाप, बकवास; अपदेश, व्यपदेश, टालमटोल, हीला-हवाला ।

quick[1] n. मर्मस्थान, मर्मदेश, घावका नरम स्थान (जैसे, *bites his nails to the ~*) ।

quick[2]* a. सजीव, जीवित, जीवधारी, जिन्दा, जानदार (*the ~ & the dead*); प्रस्तुत, उद्यत, चौकन्ना; उत्फुल्ल; चपल, चंचल, फुर्तीला, चालाक; बुद्धिमान्; आशु, क्षिप्र, त्वरित, द्रुत, शीघ्र*, जल्दी; जवयुक्त, आशुगामी, तूर्ण, शीघ्रगामी (*~ succession*); तीक्ष्ण, तीव्र, तेज; ~ assets विक्रय-सुलभ संपत्ति; ~-hedge उगनेवाली झाड़ी; ~lime जीवचूर्णक, अनबुझा चूना, कलीचूना, बराचूना; ~ march (सेना०) द्रुत प्रयाण, तीव्र गति, क्षिप्र गति, क्विक मार्च; ~sand बालुकच्छ; ~set (हरे पौधोंकी, विशे० नागफनीकी) टहनी; इन टहनियोंकी झाड़ी; (a.) हरे पौधोंकी, विशेष नागफनीकी; ~ sight तीव्र दृष्टि; ~silver पारद, पारा; (ला०) मनश्चापल्य, स्वभावचांचल्य; (v.t.) शीशेपर पारा चढ़ाना; ~ step (सेना०) सैनिक गति, फौजी कदम (एक घण्टेमें चार मील); (नृत्य०) द्रुतगतिसे किया गया नृत्य-विशेष; ~-temper, -tempered क्रोधी, चिड़चिड़ा, तुनुकमिजाज, गुस्सेबाज; ~-witted आशुबुद्धि, तीक्ष्णमति, व्युत्पन्नमति, हाजिर-जवाब ।

quick[3] adv. सद्यः, अचिर, शीघ्र, तुरन्त, जल्दी, झट (*ran as ~ as I could*) ।

quicken v.t. & i. सजीव करना, जीवित करना, सचेत करना या होना, जान डालना, जान आना, जिलाना; प्रोत्साहित करना, प्रदीप्त करना, उत्तेजित करना, उकसाना, भड़काना, जोश दिलाना; जीवित होना, जिन्दा होना; (स्त्री या भ्रूणका) पूर्णगर्भावस्था प्राप्त करना, गर्भ बढ़ना; शीघ्रता कराना, द्रुततर करना या होना, तीव्रतर करना या होना, दौड़ाना; तीक्ष्णतर होना, अधिक तेज होना ।

quickener n. जीवनदायी, जीवित करनेवाला, जिलानेवाला; प्रोत्साहक, प्रदीपक व्यक्ति या वस्तु, उत्तेजक व्यक्ति या वस्तु, जोश दिलानेवाला आदमी या चीज; त्वरक, क्षिप्रता करानेवाला, शीघ्रता करानेवाला, गतिको तेज करनेवाला ।

quickening[1] n. अतिसर्पण, त्वरण; स्पन्दन, गर्भ-स्पन्दन ।

quickening[2] a. उद्दीपक, प्रदीपक; प्रोत्साहक, उत्तेजक, जोश दिलानेवाला; जीवद, सजीव करनेवाला, जान डालनेवाला ।

quickly adv. सत्वर, सद्यः, क्षिप्रतः, शीघ्रतः, शीघ्रतया, तत्क्षण, तुरन्त, झटपट, जल्दी-जल्दी ।

quickness n. आशुग्राहिता, सकृद्ग्राहिता, कुशाग्रबुद्धिता, प्रपन्नमतित्व, प्रत्युत्पन्नता, होशियारी; (क०) शीघ्रता, तीक्ष्णता, क्षिप्रता, द्रुति, फुर्ती, तेजी, जल्दी; आकस्मिकता ।

quid[1] n. एक पौण्डकी स्वर्णमुद्रा-विशेष, अशर्फी, गिन्नी ।

quid[2] n. (तम्बाकूकी एक) खैनी, फंकी, अण्टा ।

quiddative a. सारयुक्त, सारांशयुक्त, सारस्वरूप ।

quiddity n. सार, तत्त्व, निचोड़; श्लेष; वक्रोक्ति, वाक्छल; अतिसूक्ष्मता ।

quiddle v. i. कालक्षेप करना, समय बिताना, व्यर्थमें समय नष्ट करना ।

quiddler n. कालक्षेपी व्यक्ति, समय खोने या बितानेवाला आदमी, व्यर्थमें समय नष्ट करनेवाला, बेकार, आवारा ।

quidnunc n. प्रलापी, बातूनी, बकवादी, गप्पी ।

quid pro quo जैसेको तैसा, अदल-बदल; परिहारद्रव्य, मुआविजा (*must find him a ~*) ।

quiesce v. i. मौन होना, चुप हो जाना ।

quiescence, -ency nn. निश्चेष्टता, निश्चलता, निष्क्रियता, क्रियाशून्यता, स्थिरता, अचलता, ठहराव; विश्राम, आनन्द, शान्ति, सुख, चैन; सुप्ति, प्रच्छन्नता; मौन, चुप, खामोशी ।

quiescent a. निष्क्रिय, क्रियाशून्य, निश्चल, स्थिर, अचल, निश्चेष्ट, शान्त, सुप्त (*~ season*); मौन, चुप, खामोश ।

quiet[1] n. (राजनीतिक) नैश्चल्य, निश्चलता, स्थिरता, शान्ति, अमन-चैन; नीरवता, निस्तब्धता, मूकभाव, अनालाप, अभाषण, मौन; प्रशम, अक्षोभ, निरुपप्लवता, निरुपद्रवता, उपद्रवाभाव, कंटकाभाव; आनन्द, विश्राम, आराम, सुख, चैन; निर्वातत्व; निर्विकारता, असम्भ्रम, अव्याकुलता ।

quiet[2] v.t. & i. शान्त करना, स्थिर करना, निःशब्द करना, निरुपद्रव करना, अक्षुब्ध करना, प्रशमित करना, चिन्ताशून्य करना, चुप करना, मन्दा करना; (क्व०) शान्त होना, स्थिर होना (*~ down*) ।

quiet[3]* a. शान्त, प्रशान्त, उपशान्त, निष्कम्प, निश्चेष्ट, निश्चल, स्थिर, धीर, अचल; मृदु, नम्र, सौम्य, गम्भीर; अनुग्र, अचण्ड, मन्द, मौन, चुपचाप*; (वर्ण, वस्त्र आदि) आडम्बरशून्य, जो भड़कीला न हो, बिना चटकमटक; गुप्त, प्रच्छन्न, अव्यक्त, अप्रकट (*~ resentment*); अक्षुब्ध, अव्याकुल, निर्विघ्न, निराकुल, निरुपप्लव, निरुद्वेग, नीरव (*~ enjoyment*); अनुद्विग्न, अनुत्कण्ठित, चिन्ताशून्य, अव्यग्र, निर्व्याकुल; अयथाविधि, अनौपचारिक (*~ dinner party*) ।

quieten v.t. & i. (ग्रा०) दे० QUIET[2].

quieter n. शान्त करनेवाला, स्थिर करनेवाला ।

quietism n. निवृत्तिवाद, विरक्ति, वैराग्य, शम, सन्तोष, शान्ति मार्ग ।

quietist a. & n. निवृत्तिवादी, विरागी (साधु या व्यक्ति), सन्तोषी ।

quietistic a. निवृत्तिमार्गीय, वैराग्यानुयायी, शमविषयक, मौनयुक्त ।

quietness, quietude nn. शान्ति, स्थिरता, निश्चलता, निरुपद्रवता, निरुपप्लवता, अक्षोभ, प्रशम, उपशम, निस्तब्धता, अव्यग्रता, अनुद्वेग, अव्याकुलता, विश्राम, सुख, आनन्द, आराम, अमन-चैन ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

quietus n. (क्व०) उन्मुक्ति, भुगतान, चुकता, बेबाकी; निर्वाण, मुक्ति, मृत्यु, मौत, निस्तार, जीवनसे छुटकारा (*got, gave him, his* ~)।

quiff n. (मस्तकपर) केशकलाप, बालका गुच्छा।

quill[1] n. डैना (~-*feather* भी); पक्षदण्ड, पक्षनाड़ी, पत्रनाड़ी, पंखकी खोखली डण्डी; (~-*pen* भी) पक्ष-लेखनी, परकी कलम; कोण; शारिका; सारंगीकी परकी कमानी; पखनेकी दँतखोदनी: शल, शलली, साहीका काँटा; जुलाहेकी नलकी; वंशी, बाँसुरी; दालचीनी या कोनीनकी छालका टुकड़ा; ~-driver पत्रकार, ग्रन्थकार, लेखक, क्लर्क; ~work परोंकी सजावट।

quill[2] v.t. & i. चुन्नट डालना, चुनना, मोड़ना, गूँथना; नलीपर सूत लपेटना, नली भरना, फिरकी भरना।

quillet n. वाक्छल, वक्रोक्ति, वक्रवंचन, अपलाप; शब्दश्लेष, द्व्यर्थक शब्द;व्यपदेश, अपदेश, टाल-मटोल, बहाना, हीला-हवाला।

quilling n. चुन्नटें डालना, चिट्टी डालना।

quillwort n. शलपर्ण (पौधा)।

quilt[1] n. तूलिका, तूलवती, तुलाई, दुलाई, तोशक; उपबर्ह, उपधान, तकिया; रजाई, लिहाफ, पलँगपोश (*patchwork* ~ गुदड़ी)।

quilt[2] v.t. रजाई ओढ़ना; रजाईसे ढँकना; लिहाफ या रजाईकी तरह सीना या जोड़ना; (सिक्के, स्वर्ण आदिको) दो तहोंके बीचमें सी देना; तहें जोड़ना; (अन्य व्यक्तियोंके विचारों इत्यादिको लेकर) साहित्यिक रचना-का संकलन करना।

quilting n. गद्दे, रजाई आदिमें भरी जानेवाली रुई।

quin n. पंचक, पाँच सहजात बच्चोंमेंसे एक।

quina n. = QUININE.

quinary a. पंचक, पंचमय, पंचसंख्यक, पंचसंख्यकीय, पाँचसे सम्बन्धित, पाँचका, पँचोतरा, पंजा।

quinate a. पंचोत्पादी, पाँचकी संख्यामें उत्पन्न होने-वाला; पाँच-पाँच।

quince n. श्रीफल, सूरजफल, बीही, बीहीका वृक्ष।

quincentenary १. n. = QUINGENTENARY; २. a. पाँच सौसे सम्बन्धित, पाँच सौ वर्षोंसे सम्बन्धित।

quincuncial a. चौकोर पँचकुँदिया-सा।

quincunx n. पँचकुनिया, चौकोर पँचकुँदिया।

quindecagon n. पंचदशकोण, पंचदशभुज, (पन्द्रह कोणोंकी समतल आकृति)।

quindecemvir n. (सिबी *Siby* की पुस्तकोंके रक्षक) रोमके पन्द्रह पुरोहितोंमेंसे एक।

quingentenary[1] n. पाँच सौवीं वर्षगाँठ, पाँच सौवें सालका वार्षिकोत्सव।

quingentenary[2] a. पाँच सौवें वर्षका, पाँच सौवें वर्षमें।

quinic a. विज्वरिक, विज्वरीय, विज्वरी-विषयक, विज्वरी-सम्बन्धी, कुनैनका।

quinicine n. विज्वर-विषी, कुनैनका अल्कलायड।

quinidine n. विज्वरेयी, (सिन्कोनाकी छालसे उत्पन्न एक अल्कलायड)।

quinine n. विज्वरी, कुनीन, कुनैन; (~ *sulphate*) कुनैन शुल्बीय या सल्फेट;

~ account register, ~ compounder, ~ factory, ~ products, ~ stock ledger, ~ stock register, ~ tonic, ~ wine.

quinism n. कुनैनके अत्यधिक प्रयोगसे उत्पन्न विकार, विज्वरी-दोष (जैसे, शुष्की, बहरापन, आँखोंकी खराबी इत्यादि)।

quinize v.t. कुनैन पिलाना या मिश्रित करना।

quink n. क्विंक, (एक प्रकारका पक्षी); क्विंक नामक स्याही।

quinnat n. सामनकी तरह एक मछली।

quinology n. विज्वरिकी, विज्वरी-विज्ञान, विज्वरी-शास्त्र, कुनैनकी जानकारी।

quinquagenarian[1] n. पंचाशद्वर्षीय व्यक्ति, पचास सालका आदमी।

quinquagenarian[2] a. पंचाशद्वर्षीय, पचास सालका।

quinquagenary n. & a. = QUINQUAGENA-RIAN; पचासवीं वर्षगाँठ, पचासवाँ वार्षिक उत्सव।

Quinquagesima n. (~ *Sunday* भी) ईस्टरसे लगभग ५० दिन पहले आनेवाला रविवार।

quinquangular a. पंचकोण, पाँच कोणोंवाला।

quinquecostate a. पंचपर्शु, पाँच पसलियोंवाला।

quinquedentate a. पंचदशन, पंचदन्त, पाँच दाँतोंवाला।

quinquefarious a. पंचगुण, पँचगुना; पंचपंक्तीय, पाँच पंक्तियोंका।

quinquefoliate a. पंचपत्रीय, पँचपतिया, पाँच पत्तोंवाला, पाँच वर्कोंवाला।

quinqueliteral a. पंचाक्षर, पाँच अक्षरयुक्त (~ *word*)।

quinquennial a. & n. पंचवर्षीय, पंचवर्षव्यापी, पंचवार्षिक, पँजसाला (~ *report*); पंचवार्षिक घटना, पंचवार्षिक उत्सव।

quinquennium n. पंचाब्द, पंचवर्ष, पाँच वर्षका काल।

quinquepartite a. पंचशकलित, पंचविच्छिन्न, पंचखण्डित, पंचविभक्त, पाँच भागोंमें विभाजित।

quinquereme n. (पाँच स्तरोंसे युक्त) प्राचीन युगकी नाव।

quinquevalent a. (रसा०) पंचसंयुज, पंचबल।

quinquevalvular a. पंचकपाट।

quinquina n. = QUININE.

quins n. (pl. *Quintuplets* का संक्षिप्त) एक साथ उत्पन्न पाँच बच्चे।

quinsied a. अध्रुपग्रस्त, गलशोथ-पीड़ित।

quinsy n. अध्रुप, गलशोथ, गलक्षत, गलप्रदाह, कण्ठ-प्रदाह, कण्ठरोग, कण्ठपाक, कण्ठमाला।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

quint n. (सगीत) पंचम, पंचम स्वर, पजा; (ताश) पचकड़ी, (एक रंगके पाँच लगातार पत्ते)।

quintain n. (इति०; मध्यकालीन) बेधनेके लिए गड़ा हुआ स्तम्भ।

quintal, kin- n. लक्षधान्य, सौ पौण्ड; हंड्रेडवेट, ११२ पौण्ड; सौ किलोग्राम; क्विण्टल।

quintan[1] n. चौथिया बुखार, (चौथे या पाँचवें दिन आनेवाला बुखार)।

quintan[2] a. पंचदिवसीय, हर पाँचवें दिनका।

quintessence n. (प्राचीन दर्शन) पंचम तत्त्व; सार, सारांश, विशुद्ध सारभाग, सत, हीर, आसव; विशुद्धतम रूप या प्रतीक।

quintessential a. पंचमतत्त्वीय; सारमय, तत्त्वमय, सारयुक्त; विशुद्धतम रूप-विषयक, प्रतीक-सम्बन्धी।

quintet(te) n. (पाँच सुरों या बाजोंके उपयुक्त सगीतके) गायक या वादक; पचक, पंचसंयुज, पाँचका समूह।

quintic a. (गणित) पंचांशीय, पंचांश-विषयक, पाँचवें अंशका।

quintillion n. दस लाखके पाँच घात; (सं० रा० अमरीका और फ्रांस) दस लाखका घन।

quintroon n. वर्णसंकर शिशु, दोगला बच्चा (जिसमें अंग्रेज और नीग्रो रक्त मिला हो)।

quintuple[1] n. पाँच गुना बड़ी संख्या या योग।

quintuple[2] v.t. & i. पंचगुणित करना, पँचगुना करना या होना।

quintuple[3] a. पंचगुणित, पंचगुण, पँचगुना; पंचस्तरीय, , पँचतहा, पाँच भागोंवाला।

quintuplet n. (pl.) पंचक, एक साथ उत्पन्न हुए पाँच बच्चे; एक साथ काम करनेवाली पाँच वस्तुएँ, पाँच व्यक्तियोंके बैठनेकी सायकिल।

quintuplicate[1] n. (pl.) पंचमक, पाँचवीं प्रति, पाँच बार दुहरायी या नकल की गयी प्रतियाँ।

quintuplicate[2] v.t. पंचगुणित करना, पँचगुना करना, पाँचसे गुणा करना; पाँच तह करना; पाँच प्रतियाँ तैयार करना।

quintuplicate[3] a. पंचमक; पंचगुण, पँचगुना; पाँच बार दुहराई या नकलकी गयी, पाँचवीं।

quintuplication n. पंचीकरण, पंचगुणित करना, पँचगुना करना।

quintus a. पंचम, पाँचवाँ।

quinzaine n. पंचदश दिवस, पंचदशदिवसावधि, पंचदशदिवसकाल, पन्द्रह दिनोंका समय।

quinze n. (फ्रां०) विंवज, ताशका एक खेल।

quip[1] n. व्यंग्योक्ति, व्यंग्यवचन, विद्रूप, मौखिक आघात, जबानी चोट, ताना, बोली; वाक्छल, वक्रोक्ति, गोल-मोल बात।

quip[2] v.t. व्यंग्योक्ति करना, व्यंग्यवचन बोलना, विद्रूप करना, ताना मारना, बोली मारना; वाक्छल करना, वक्रोक्ति करना, मुँह चिढ़ाना।

quire[1] n. हस्तक, एक दस्ता, चौबीस ताव; चार ताव कागज आदि जिन्हें मोड़कर आठ पन्ने बना लिये गये हों; (पाण्डुलिपि या पुस्तकमें) एकके अन्दर दूसरे लगे हुए पन्ने; *in ~s* खुले, खुरदा कागज।

quire[2] n. & v.t. & i. दे० CHOIR.

Quirinal n. इटलीकी सरकार।

quirk n. वक्रोक्ति, वाक्छल, व्यंग्य, उपालम्भ, बोली, ताना; ठगविद्या, चाल, चालाकी, जुगत, हिकमत; (चित्रण या लेखनमें) लिखावटकी शोभावर्धक रेखा, तोड़-मोड़, हेरफेर, मरोड़, ऐंठन; (स्था०) महराबका कटाव; कटोरी, चूड़ी।

quirkiness n. वक्रोक्तित्व, वाक्छलत्व, विद्रूपता, व्यंग्योक्तित्व; चालाकी, जुगत।

quirkish, quirky aa. वक्रोक्तिमय, वाक्छलयुक्त, व्यंग्यवचनपूर्ण, तानेवाला; धूर्त, मक्कार, चालबाज, चालाक, जुगती।

quirt[1] ⊙ n. (चमड़ेकी मूठवाला) छोटे हत्थेका कोड़ा।

quirt[2] ⊙ v.t. (छोटे हत्थेके) कोड़ेसे मारना।

quisling n. शत्रुपोषी, देशद्रोही, राजद्रोही, विश्वासघातक, विभीषण, जयचन्द।

quislingite a. & n. शत्रुपोषी, देशद्रोहीका पोषक (व्यक्ति), राजद्रोही दलका (पुरुष)।

quit[1] v.t. उन्मुक्त करना, छुटकारा देना; (प्रा०) अच्छा आचरण रखना, अच्छा व्यवहार रखना; उन्मुक्त होना, परित्याग करना, त्यागना, छोड़ना, हाथ धोना, बाज आना; प्रतिबन्ध लगाना, बन्द करना, रोक देना ⊙; प्रस्थान करना, प्रयाण करना, चल पड़ना, विदा होना ⊙; (किरायेदारका कमरा इत्यादि) खाली कर देना, छोड़ देना; (का०) शोध करना, निस्तारण करना, चुकाना, चुकता करना, भरना, बेबाक करना, हिसाब चुकता करना (*death ~s all scores*); *~ hold of* पकड़ ढीली कर देना, कब्जा छोड़ देना।

quit[2] pred. a. विमुक्त, मुक्त, क्षमाप्रदत्त, निर्दोष, निष्पाप, रिहा, बरी; स्वतन्त्र, उन्मुक्त, छुटकारा पाया हुआ (*glad to be ~ of the trouble*)।

quitclaim[1] n. अध्यर्थना-परित्याग, अधिकार-परित्याग।

quitclaim[2] v.t. अध्यर्थना त्यागना, अधिकार हटा लेना।

quite* adv. सर्वथा, पूर्णतया, पूर्णरूपेण, नितरां, अतीव, अत्यन्त, नितान्त*, निरा, सरासर, बिल्कुल*, निहायत; *is ~ the thing* यही तो बात है।

quitrent n. उन्मोचन भाटक, चुकौता, (सेवाके स्थानपर काश्तकार द्वारा दिया गया प्रायः थोड़ा लगान)।

quits pred. a. (प्रतिकार या चुकौतीके पश्चात्) बराबर (*now we are ~*)।

quittable a. उन्मोच्य, उन्मोचनीय, छुटकारा पाने योग्य; खाली कर देने योग्य; परित्याज्य, परित्यजनीय, छोड़ने योग्य; प्रतिबन्धनीय, बन्द करने योग्य।

quittal n. प्रतिदान, प्रत्यर्पण, चुकौती।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

quittance n. निष्कृति, निस्तारण, उन्मुक्ति, उन्मोचन, निस्तार, छुटकारा, चुकौती, बेबाकी; उन्मोचन-पत्र, रसीद; *omittance is no* ~ तकाजा नहीं किया पर छोड़ा तो नहीं।

quitter[1] ⊙ n. पदत्यागी, नौकरी छोड़नेवाला; कामचोर; भीरु, कापुरुष, कायर।

quitter[2], **quittor** nn. पस, पीव; घोड़ेकी टापका नसूरदार घाव।

quiver[1] n. तूण, तूणीर, निषंग, तरकस; ~ *full of children* झोलभर (ढेरभर) बच्चे।

quiver[2] n. स्पन्दन, वेपथु, कम्प, कम्पन, थरथराहट, कँपकँपी।

quiver[3] v. i. & t. स्पन्दित होना, वेपमान होना, सकम्प होना, कम्पित होना, थरथराना, काँपना, लरजना, हिलना।

quivered a. तूणीर-भृत, कोशावृत्त।

quiverful n. एक निषंगभर, एक तरकशभर।

quivering १. n. स्पन्दन, कम्पन, कम्प; २. a. कम्पमान, कम्पित, चपल।

quiverish a. सस्पन्दन, स्पन्दनशील, वेपमान, सकम्प, कम्पमान, थरथरानेवाला, काँपनेवाला।

Quixote n. *Don Quixote* (१५४७-१६१६) की तरह आदमी; कल्पनाप्रिय व्यक्ति, अव्यवहार्य सिद्धान्तोंवाला मनुष्य।

quixotic a. अतिमात्र उपन्यासिक, अतिकल्पनाशील, अव्यवहार्य सिद्धान्तानुयायी; अद्भुत, विलक्षण, अव्यावहारिक, दुष्कल्पनाशील, अनोखा, निराला।

quixotics n. (pl.) स्वच्छन्दतावाद, कल्पनामय भाव, कल्पनाशील विचार।

quixotism, quixotry nn. अतिमात्र उपन्यासिकता, अतिकल्पनाशीलता, दुष्कल्पनाशीलता, अव्यावहारिकता।

quixotize v.t. & i. कल्पनाशील बनाना, अव्यावहारिक करना।

quiz[1] n. अद्भुत व्यक्ति, विचित्र मनुष्य, विलक्षण पुरुष, निराला आदमी; उपहासक, विनोदप्रिय व्यक्ति, भँड़ुआ, मसखरा, मजाकिया, दिल्लगीबाज; (मूल० सं० रा० अमरीका) प्रश्नोत्तर, सवाल-जवाब; कूटप्रश्न, प्रश्नावली (~-*master*); समस्या, पहेली; परीक्षा, जाँच; (अब क०) मृदु परिहास, उपहास, हँसी-मजाक, दिल्लगी।

quiz[2] v.t. परिहास करना, हँसी उड़ाना, मजाक उड़ाना; परिहासका रूप देना, मजाकमें उड़ा देना; विलक्षण दृष्टिसे देखना, कौतूहलसे देखना, घूरना, ताड़ना, गौरसे देखना, ताकना; प्रश्न करना; प्रश्नोत्तर द्वारा परीक्षा करना, सवाल-जवाब द्वारा जाँचना ⊙।

quizzable a. परिहास्य, उपहासास्पद, हँसी उड़ाने योग्य, मजाकके लायक; उपहासजनक।

quizzed ⊙ a. परीक्षित, जाँचा हुआ।

quizzer n. परिहासक, हँसी उड़ानेवाला, मजाक उड़ानेवाला; विलक्षण दृष्टिसे देखनेवाला, घूर-घूरकर देखनेवाला; प्रश्नोत्तर द्वारा परीक्षा करनेवाला, सवाल-जवाब करके जाँचनेवाला।

quizzical a. अद्भुत, विलक्षण, विचित्र, निराला, अजीब; उपहासजनक; मसखरा, हँसोड़, ठिठोलिया, दिल्लगीबाज।

quizzing n. परिहास, मजाक; प्रश्न करना; घूरना; व्यंग्य करना; प्रश्नोत्तर-परीक्षण, सवाल-जवाब करके जाँचना।

quod[1] n. कारागार, कैदखाना, जेल।

quod[2] v.t. कारागारमें रखना, कैदखानेमें बन्द करना, जेलमें डालना, कैद करना।

quodlibet n. बुद्धियुक्त विवाद, युक्तियुक्त तर्क; उपहासक स्वर, उपहासजनक गीत, हँसी उड़ानेवाला पद्य; सूक्ष्मता, सूक्ष्मभाव।

quodlibetarian n. विचक्षण-विवक्ता, बुद्धिमान् विवादक, युक्तियुक्त तर्क करनेवाला।

quodlibetical a. विशुद्ध शौक्षिक, विशुद्ध शिक्षा-सम्बन्धी; विचक्षण विवादीय, विचक्षण विवाद-विषयक, बुद्धियुक्त विवाद-सम्बन्धी, युक्तियुक्त तर्क करने योग्य।

quoin[1] n. भवनका बाह्य कोण, घरका बाहरी कोना, नुक्कड़; कोण-प्रस्तर, कोना बनानेवाला ईंट या पत्थर; आधार-शिला, मूलाधार; (टाइप एवं बन्दूकमें) एक खटका या मेख, पच्चर, फन्नी।

quoin[2] v.t. खटका लगाकर जमाना, मेख लगाकर खड़ा करना, फन्नी लगाना।

quoining n. नुक्कड़ या कोनेकी चुनाई।

quoit[1] n. निःक्षेपार्थ लौहक्रीड़ा-चक्र, वलय, चकती, क्वायट।

quoit[2] v.t. & i. (क्व०) लौह-क्रीड़ा-चक्र प्रक्षिप्त करना, क्वायट फेंकना; चकतीसे खेलना, क्वायटसे खेलना।

quondam a. पूर्व, पूर्वतन, भूतपूर्व, पूर्ववर्ती, प्राचीन, पुराना, (जैसे, *a* ~ *friend of mine*)।

quorum n. कार्यवाह-सख्या, कार्यगण, गणपूर्ति, गणपूरक-संख्या, इयत्ता, कोरम।

quota n. अंश, अभ्यंश, यथांश, नियत परिमाण, वण्टितांश, भाग, निर्धारित मात्रा;
~ certificate, ~-holder, ~ licensing, ~ right, ~ shop, ~ system.

quotability n. प्रमाण्यता, प्रमाणयोग्यता, उद्धरणीयता।

quotable, quoteworthy aa. प्रामाण्य, प्रमाणयोग्य, उद्धरणीय।

quotation n. (मुद्र०; रिक्त स्थानोंकी पूर्तिके लिए प्रयुक्त) धातुखण्ड-विशेष; अवतरण, उद्धरण; उद्धृत वाक्य; उत्कथन, प्रोक्ति; मूल्यतालिका; कथितमूल्य, बाजार भाव, मोल; ~ marks उद्धरणचिह्न (" ")।

quotative a. औद्धरणिक, उद्धरणशील, उद्धरणीय; उद्धर्ता, उद्धरण देनेवाला।

quote[1] n. अवतरण, उद्धरण, उद्धृत-अंश, प्रोक्ति; (प्रायः pl.) उद्धरण-चिह्न।

quote[2] v.t. उद्धृत करना, उदाहरण देना; प्रतिलिपि

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

बनाना, नकल करना; उपस्थित करना, पेश करना; प्रमाण देना, इवाला देना, बात लेना (*from* के साथ)।

quoted a. उत्कथित, उद्धृत।

quoter n. प्रमाणक, उद्धर्ता, उद्धरण देनेवाला, उदाहरण देनेवाला, मिसाल देनेवाला।

quoth v.t. (प्रा०) कहा, बोला।

quotha int. हाँ, सचमुच!

quotidian a. एकाहिक, प्रात्याहिक, दैनिक, प्रतिदिवसीय, हर रोजका; दैनिक ज्वर या जूड़ीका; क्षुद्र, तुच्छ, नगण्य, साधारण, मामूली।

quotient n. लब्धि, भागफल, भजनफल, बाँटफल।

quotum n. नियत मात्रा, नियत परिमाण, निश्चित मान, निर्धारित संख्या या भाग।

qu'ran n. कुरान, कुरान-शरीफ।

R

R (बहुव० Rs, R's) अंग्रेजी वर्णमालाका अठारहवाँ अक्षर, र; r months सितम्बरसे दिसम्बरतकके वे महीने जिनमें र आता है; the three Rs=reading, (w)riting, (a)rithmatic.

rabat n. मिथःपरिभ्रमण, अन्योन्यपरिभ्रमण, एक-दूसरेके गिर्द चक्कर काटना।

rabbet[1] n. (हथौड़ेका) लम्बा वेंट; लम्बी चूल, लम्बा खाना, लम्बा खाँचा, झर्री; जोड़।

rabbet[2] v.t. झर्री बनाना; चूलमें बैठाना, झर्रीमें बैठाना; (किसी वस्तुमें) चूल या साल लगाना।

rabbi n. यहूदी धर्मशास्त्री, रबी।

rabbin n. यहूदी धर्मशास्त्रवेत्ता, रबी, रबिन।

rabbinate n. रबिन-पद, रबिन-उपाधि।

rabbinical a. रबी-विषयक, रबीवत्, रबी-जैसा, रबिनी।

rabbinism n. रबिनवाद (यहूदी धर्म-पण्डितका सिद्धान्त), रबीका शासन।

rabbinist n. रबिनवादी, रबीमतानुयायी, रबी शासन-समर्थक।

rabbinite n. = RABBINIST.

rabbit[1] n. शशा, शशक, खरहा, खरगोश, चौगड़ा; अपटु क्रीड़क, अनाड़ी खिलाड़ी; ~-hutch खरहोंका दड़बा; ~-warren खरहे पालनेका स्थान;
~-fish, ~-hide, ~-hole, ~-squirrel.

rabbit[2] v. i. शशक-मृगया करना, खरगोशका शिकार करना।

rabbiting n. शशाखेट, शशक-मृगया, खरगोशका शिकार।

rabbitry n. खरहा-बाड़ा, खरगोशोंका बाड़ा; अनाड़ी खिलाड़ीका खेल।

rabbity a. बहुशश, शशकबहुल, (जहाँ खरगोश अधिक मिलते हों)।

rabble[1] n. लोकसमूह, जनसमूह, भीड़, जमाव, जमाकड़ा; अवर जन, नीच जन. हेय वर्ग, छोटे लोगोंकी टोली।

rabble[2] n. (पिघलती हुई धातुको चलानेमें प्रयुक्त) कलछी, छँडुआ।

rabblement n. (अब क०) जनसंकुल, भीड़-भाड़, भेड़िया-धसान; कोलाहल, जनरव, हंगामा, गुल-गपाड़ा।

Rabelaisian, -aesian[1] n. रावेलाइसवादी, रावेलाइसका अनुयायी, हँसोड़ा।

rabi a. उष्णकालिक; उन्हारी, आसाढ़ी (~ *harvest*)।

rabic a. आलर्क-, आलर्की, जलातंक-ग्रस्त, हड़करोग-वाला, पागल।

rabid a. प्रचण्ड, उग्र, उत्कट, घोर, प्रबल, क्षुब्ध, तीव्र, उत्तेजित, क्रुद्ध; जड़, मूर्ख, निष्प्रज्ञ, निर्बुद्धि, औंधी खोपड़ीका, विचारहीन, बुद्धू; दुराग्रही, हठधर्मी, कट्टर; विक्षिप्त, बातुल, उन्मादग्रस्त; (वि० कुत्तेका) सालर्की, जलातंकित, हड़का हुआ, बावला, पगला।

rabidity, rabidness nn. प्रचण्डता, उग्रता, उत्कटता, घोरता; जड़ता, मूर्खता; उन्माद, बातुलता, पागलपन, बावलापन; जलातंक, हड़क।

rabies n. जलभी, जलातंक, आलर्क, हड़क, उन्माद-रोग-विशेष; श्वान या शृगाल आदिकी विक्षिप्तता।

rabinet n. पुरातन शतघ्नी, प्राचीन शतघ्नी, पुराने कालकी बन्दूक, रबिनेट।

raca a. तुच्छ, निकृष्ट, व्यर्थ, निरर्थक, बेकार, निकम्मा।

rac(c)ahout n. रैकहूट, (एक प्रकारका अन्न)।

rac(c)oon n. भल्लूक, भालू, रैकून (अमरीकी मांसाहारी रीछ)।

race[1] n. यात्रा, प्रयाण, प्रस्थान; संचार, अग्रगति; प्रवाह, प्रवेग, प्रखर धारा, प्रबल धारा (*tide set with a strong* ~); सूर्यकक्ष्या, चन्द्रपथ; जीवन-यात्रा, जीवनक्रम; प्रणाली, नाली (जैसे *mill*-~); (करघेकी नालके घूमनेका) चक्करदार मार्ग; धावन (-प्रतियोगिता), दौड़; (बहुव०) अश्व-धावन. घुड़दौड़ ⊙; स्पर्द्धा, ईर्ष्या; प्रतियोगिता, होड़, मुकाबला; ~course धावन-पथ, घुड़दौड़का मार्ग या मैदान; ~horse जवाश्व, प्रतियोगिताश्व, दौड़का घोड़ा;
~ ball, ~-card, ~course manager, ~ cup ~-goer, ~-meeting, ~way.

race[2] v. i. & t. धावन-प्रतियोगितामें भाग लेना, आगे बढ़ जानेका प्रयत्न करना; घुड़दौड़में घोड़ेको दौड़ाना; दौड़ाना, भगाना (~*d his bicycle against a motor car*); (पीपे आदिसे पानी आदिका) चक्कर खाते हुए निकलना; दौड़ना, भागना, दौड़ लगाना; (सम्पत्ति) नष्ट करना, बहाना, लुटाना।

race[3] n. अन्वय, वंश, वर्ण, कुल, संतति, गोत्र, रक्त, नस्ल (*Mongolian* ~); जाति, प्रजाति, भेद, विभाग, (~ *hatred*); वर्ग, श्रेणी, समुदाय (*the race of poets*, etc.); ~ suicide सन्तति-नियन्त्रण।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

race[4] n. मूल, (विशे० अदरखकी) जड़ ।
racemation n. गुच्छिकायन, गुच्छिकीकरण ।
raceme n. (वन०) एकवर्ध्यक्ष, पुष्प-गुच्छ, पुष्प-स्तबक, गुच्छा ।
racemed a. पुष्पस्तबकमय, गुच्छित, गुच्छेदार ।
racemic a. गुच्छिक (~ *camphor*) ।
racemiferous a. सैकवर्ध्यक्ष, एकवर्ध्यक्षयुक्त, पुष्प-गुच्छयुक्त, पुष्पस्तबकयुक्त, फूलोंके गुच्छेवाला ।
racemise v. i. & t.. गुच्छिकायित होना या करना, पुष्पगुच्छमें परिवर्तित होना या करना, स्तबक या गुच्छा बनना या बनाना ।
racemism n. गुच्छिकत्व, गुच्छिकता ।
racemization n. गुच्छन, गुच्छा बनाना ।
racemose a. (वन० शा०) पुष्पगुच्छयुक्त, गुच्छेदार; (श० र० शा०) एकवर्ध्यक्षीय, वर्धक्षीय, गोलस्तबकयुक्त, द्राक्षागुच्छाकार ।
racemule n. लघ्वैकवर्ध्यक्ष, लघु पुष्पगुच्छ, लघु पुष्प-स्तबक, फूलोंका छोटा गुच्छा ।
racer n. धावक, दौड़वाज; धावन-प्रतियोगी, दौड़-प्रतियोगी; धावन-तरणी, दौड़की नौका; धावन-यान (जैसे, सायकिल इत्यादि); बन्दूकका घोड़ा, बन्दूककी नली; जवाश्व, घुड़दौड़का घोड़ा ।
rach n. घ्राणक श्वान, घ्राणक आखेट-कुक्कुर, सूँघकर पता लगानेवाला शिकारी कुत्ता ।
rachialgia n. मेरु-शूल, मेर्वस्थि शूल, रीढ़की-पीड़ा ।
rachidian a. मेर्वस्थीय, मेर्वस्थि-विषयक, मेरुदण्ड-सम्बन्धी, रीढ़का; अक्षीय, डण्डीका ।
rachis, rha- n. (pl. *-ides*) (पत्तोंका) प्रधान अक्ष, प्राक्ष, डण्डी ।
rachitic a. बालवक्र-, बालवक्रीय, बालवक्र-विषयक, मेरु-प्रदाह-सम्बन्धी, रीढ़की हड्डी फूलनेके रोगसे सम्बन्धित ।
rachitis n. बालवक्र, बालवक्रता, मेरूत्सेध, मेरु-कोप, मेरुदण्डप्रदाह, रीढ़की हड्डी फूलनेका रोग ।
rachitism a. बालशोषण, बालशोष, बालास्थिविकृति, बालास्थिविकार, अतिकृशताका रोग, सूखेका रोग ।
racial a. जातीय, जात्यात्मक, जातिमूलक, प्रजातिगत, वंशगत, नस्ली (~ *inheritance*) ।
racialism n. जातिवाद, जातीयता ।
raciness n. सजीवता, ओजस्विता, चित्तग्राहिता, अनूठापन; प्रसाद-गुण-सम्पन्नता, चोखापन ।
racing n. अश्वधावन, अश्वधावन-प्रतियोगिता, घुड़दौड़, घुड़दौड़-प्रतियोगिता ।
rack[1] n. सचल घन, उड़ते हुए बादल; प्रलय, विनाश, तबाही ।
rack[2] v. i. (बादलोंका) हवामें उड़ना ।
rack[3] n. (लकड़ी या धातुका छड़दार) निलय, गवादनी, चारादान, चरही, झावा; निधानी, फ्रेम, रैक (*plate, hat, tool, -~*); दाँतेदार छड़ या पटरी (*~-rail*); ~-railway दाँतेदार रेल या पटरी; ~-wheel दाँतेदार पहिया ।
rack[4] v.t. & i. चरही भरना; (घोड़ेको) चरहीकी पहुँचमें बाँधना; चरहीमें (या पर) रखना ।
rack[5] n. काष्ठगृह, कठघरा, पीडन-यन्त्र, शिकंजा; ~-rent अत्यधिक भाटक, अधिभू-राजस्व, कमरतोड़ मालगुजारी; (v.t.) अधिक कर या मालगुजारी वसूल करना; *on the* ~ (शा० एव ला०) विपत्तिमें, संकटमें, शिकंजेमें ।
rack[6] n. यातना, व्यथा ।
rack[7] v.t. विग्लापित करना, यन्त्रणा देना, व्याकुल करना, ग्रसना, सताना, जलाना (*~ing headache*); झकझोरना, हिलाना; माथापच्ची करना; मरोड़ना; (रुपया इत्यादि) ऐंठना, निचोड़ना; (आदमियोंका) शोषण करना, चूसना; (धरतीका) सत्व खींच लेना, (को) चूसना ।
rack[8] n. सत्त्व, सत्त, अर्क, आसव ।
rack[9] n. (घोड़ेकी) कुदान, लगूरी चाल ।
rack[10] v. i. (घोड़ेका) लंगूरी चाल चलना ।
rack[11] v.t. (शराबको) तलछटसे निचोड़ना ।
rackarock n. बारूदगोला, पत्थरतोड़ ।
racker n. उत्पीड़क व्यक्ति, पीड़क व्यक्ति, अत्याचारी, दुःखदायी व्यक्ति, कष्ट पहुँचानेवाला ।
racket[1], **racquet** nn. (टेनिस इत्यादिका) बल्ला, डण्डा, रैकेट (*~ ball, press*); (बहुव०) गेंद-बल्ला, रैकेटका खेल; बर्फ मोजा ।
racket[2] n. कोलाहल, गर्जन-तर्जन, चख-चख, बमचख, खलबली, गुल-गपाड़ा, हंगामा; कल्लोल, किलोल, रँगरेलियाँ, धमाचौकड़ी, चहल-पहल, रौनक; लम्पटता, छिछोरापन, मटरगश्ती (ग्रा०) छल, कूट-योजना, चाल, चालाकी, चरका, खेल, तिकड़म; नीति, युक्ति, उपाय, योजना; धन्धा, काम, कारबार, पेशा; (मूल० अमरीका) दस्युवृत्ति; अग्नि-परीक्षा, कठिन परीक्षा, संकटकाल; *to stand the* ~ फल भोगना, मूल्य चुकाना ।
racket[3] v. i. विलास करना, आनन्द मनाना, गुलछर्रे उड़ाना, धमाचौकड़ी मचाना ।
racketeer n. दस्यु, बलाद्ग्रहीता ।
racketeering n. दस्युता, बलाद्ग्रहण, लूटपाट ।
racketing n. कल्लोलपूर्ण आमोद, कोलाहलमय प्रमोद, चखचखभरा आनन्द, बमचकवाली खुशी ।
rackety a. बदमाश, लुच्चा; शोर मचानेवाला ।
raconteur n. (fem. *raconteuse*) कथा-वाचक, कहानीकार ।
rac(c)oon n. भल्लूक, भालू, रैकून, (अमरीकी मांसाहारी रीछ) ।
racy a. उत्तम, उच्च कोटिका, बढ़िया (*~flavour*); सरस, रसवान्; अनुपम, अद्वितीय, अनूठा ।
rad n. दे० RADICAL.
radar n. तेजोन्वेष, राडार; सर्वदर्शित्र, सर्वदर्शी यन्त्र, राडर ।
raddle[1] n. वृक्ष-शाखाओंसे प्रच्छन्न बाड़ा; गेरू, लाल मिट्टी ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

raddle[2] v.t. गेरूसे पोतना या रँगना; भद्दे ढंगसे पोतना; गूँथना, बटना, बुनना।

radial[1] n. अरल्लि-शिरा, अरल्लि-धमनी, अन्वरल्लि-रोहिणी, कुहनीकी नस; अरास्थिका, अरीय पट्ट।

radial[2] a. किरणीय, किरणस्थ, किरणगत, रश्मियुक्त, किरणान्तर्गत; अर्द्धव्यासवत्; अरीय, अर-सदृश, तीलीदार (~ *fibres*); अन्वरल्लीय, अरल्लीय।

radiality n. किरणीयता, विकिरणीय सम्मिति, अरीय सम्मिति, विकिरणीय सुडौलपन।

radialization n. अरीकरण, अरी या तीलीदार बनानेका कार्य।

radialized a. अरीकृत, अरयुक्त या तीलीदार बनाया हुआ; किरणोंकी तरह सयोजित।

radian १. n. आर, रेडियन; संचापारकोण, समत्रिज्याकोण, रेडियन; २. a. आरीय।

radiance, radiancy nn. विकीर्णता, विकिरता, प्रकाश, तेज, कान्ति, प्रभा, दीप्ति, ज्योति, चमक।

radiant[1] n. ज्योति-केन्द्र, प्रकाश-केन्द्र, दीप्ति-केन्द्र, किरण-स्थल।

radiant[2] a. विकीर्ण, विकिरक; कान्त, ज्योतिर्मय, दीप्तिमान्, तेजस्वी, चमकदार; समुज्ज्वल; उज्ज्वल; (नेत्र) शुभ्र, ज्वलन्त, तेजोमय, प्रकाशवान्, चमकदार, जगमग; (प्रकाश) चकाचौंध करनेवाला; (सौन्दर्य) चमत्कारी, शोभामय, दगदगाता हुआ; अर-सदृश, त्रिज्यावत्; ~ point विकिरण-केन्द्र, ज्योति-केन्द्र, किरण-मूल, प्रकाश-मूल, उल्का-समापातमूल;

~ energy, ~ heat, ~ matter.

radiantness n. = RADIANCE.

radiate[1] v. i. & t. विकीर्ण करना, किरणें बिखराना, प्रकाश फेंकना; (प्रकाश या तापका) विकीर्ण होना, बिखरना, बिखेरना, फैलाना, फैलना, चमकना; विद्युत्-चुम्बकीय तरगें भेजना या उठाना; (जीवन, प्रीति, हर्ष आदि) विकीर्ण करना, पसारना, पसरना, फैलना, फैलाना।

radiate[2] a. विकीर्णांग, अरीयांग, किरणांग, विकिरण-युक्त, विकीर्ण; त्रिज्यावत्।

radiated a. विकीर्ण, प्रस्तीर्ण, बिखरा हुआ, छिटका हुआ।

radiating a. = RADIANT (~ *power*)।

radiation n. विकिरण, दीप्ति-प्रसारण, किरण-स्फुरण, छिटकना, बिखरना।

radiative a. विकिरक, विकिरणशील, विकिरणकारी।

radiator n. विकिरक, चमकानेवाला; तापविकिरक कक्ष; (मोटरमें) तापनाशक यन्त्र, रेडियेटर।

radical[1] n. (भाषा वि०) धातु, मूलभूत सिद्धान्त; (ग०, रसा०) मूल, मूलक; मूल शब्द या ध्वनि; (मूलतः पोलैण्डमें एवं बोल०) आमूल परिवर्तनवादी, उग्र सुधारवादी।

radical[2] a. मौल, मौलिक, मूल-सम्बन्धी, जड़का; महत्त्वपूर्ण, मूलगत, तात्त्विक, आधारभूत, बुनियादी; सहज, नैसर्गिक, स्वाभाविक, सत्य, जन्मगत; आवश्यक; आद्य, प्रारम्भिक, असली; आद्योपान्त, मूलोपान्त, आमूल, आमूलचूल; (राजनीतिश) उन्मूलक, उन्मूलनवादी, सुधारवादी, (*R*~ *Party*) पराकाष्ठावादी दलका, पूर्णसुधारवादी; (ग०) मूलीय, मूलविषयक; (भाषावि०) धात्विक, धात्वीय, मौलिक, शब्दोंके मूलका; (संगी०) स्वरताल-विषयक, तारके मूलका; (वन०) मूलज, मूलीय, मूलरुह; कुल, पूरा;

~ alterations, ~ centre, ~ change, ~ cure, ~ error, ~ idea, ~ nature, ~ operation, ~ reform, ~ sign.

radicalism n. उन्मूलनवाद, पराकाष्ठावाद, आमूल सुधारवाद, परिवर्तनवाद।

radicality n. = RADICALNESS.

radicalization n. आमूलसुधारवादिता, आमूल-सुधार चाहना, पराकाष्ठावादी बनने या बनानेका कार्य।

radicalize v.t. & i. मौलिक बनना या बनाना; उन्मूलनवादी करना या होना, आमूल सुधारवादी बनाना या बनना।

radicalness n. मौलता, मौलिकता; मूलगतता, तात्त्विकता, आधारभूतता, बुनियादीपन; सहजता, स्वाभाविकता; आद्यता, प्रारम्भिकता; आमूलता, आमूल-चूलता; उन्मूलन, उन्मूलकता, उन्मूलनवादिता, सुधार-वादिता।

radicant a. मूलीय, मूलोत्पादी, मूलजनक, जड़ पैदा करनेवाला।

radicate[1] v.t. सुसंस्थापित करना, स्थायी रूप देना, बिठाना, गाड़ना, गहरी नींव डालना, जड़ जमाना।

radicate[2] a. सुसंस्थापित, स्थायी, सुनिश्चित, सुव्यवस्थित, जमा हुआ।

radication n. स्थायित्व, सुसंस्थापन, सुनिश्चिति, जड़की रचना, जमाव।

radicel n. मूलक, क्षुद्र मूल, लघु मूल, छोटी जड़।

radicicolous a. मूलाधारी, मूलाहारी, जड़पर उगनेवाला, जड़से अपनी खूराक लेनेवाला।

radiciform a. मूलवत्, मूलाकार, जड़की तरह।

radicivorous a. मूलाहारी, जड़ खानेवाला।

radicle n. शाखिका, मूलांकुर, मूलाणु, गर्भमूल, भ्रूणमूल, आदिमूल, छोटी जड़; (श० र० शा०) मेरुनाड़ी, मूलतन्तु, मूलसूत्र।

radicular a. मूलीय, गर्भमूलीय, मूलसूत्रीय, मेरु-नाडीय।

radiculose a. मूलगुच्छित, जड़मुच्छल।

radiferous a. तेजातुमय, रेडियमयुक्त।

radio[1] n. (pl. *-s*) संवह, वितन्तु-सन्देशन, वितन्तु-प्रेषण; आकाशवाणी, नभवाणी, बेतारका तार, रेडियो;

~-acoustics, ~-actinism, ~ amplifier, ~-autograph, ~-balance, ~-beacon, ~-bearing, ~broadcast, ~broadcasting, ~carpal, ~cast, ~ channel, ~ chronometer, ~ communication, ~ compass, ~ detector, ~diagnosis, ~ dynamics,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~element, ~ engineer, ~ engineering, ~ field, ~ field intensity, ~ frequency, ~goniometer, ~-gramophone, ~isotopes, ~lead, ~ link, ~ luminescence, ~-man, ~metallography, ~ micrometer, ~-micrometry, ~movies, ~ muscular, ~necrosis, ~ observer, ~ operator, ~paque, ~parent, ~ phony, ~ programme, ~ pulse, ~ range, ~ receiver, ~ red, ~ reflections, ~-sensibility, ~-sensitive, ~ set, ~ signal, ~-sonic, ~ spectator, ~-stereoscopy, ~-surgery, ~-symmetrical flower, ~-talk, ~ technology, ~-telegram, ~-telegraph, ~-telegraphy, ~-telephone, ~-telephony, ~-thalium, ~ thorium, ~ transmitter, ~transparent, ~tron, ~tropic, ~ tube, ~ valve, ~vision, ~ wave, ~ yellow.

radio[2] v.t. & i. (सन्देश इत्यादि) आकाशवाणी द्वारा भेजना, प्रसारित करना।

radio-active a. तेजोद्गिरि, तेजोधर्मी, स्कन्दनकारी, रेडियोधर्मी, रेडियो-एक्टिव (~ *mineral, transformation*)।

radio-activity n. तेजोद्गिरण, तेजोद्गिरता, स्कन्दनकारिता, विकिरणशीलता, रेडियो-धर्मिता, रेडियो-एक्टिविटी।

radiochemistry n. तेज-रसायन, रेडियो-केमिस्ट्री।

radiogram n. वितन्तु-लेख, वितन्तु-सन्देश, रेडियो-तार, रेडियोग्राम।

radiograph[1] n. वितन्तु-सन्देशन, वितन्तु-प्रेषण; किरणलेख यन्त्र, गभस्ति-लेख; क्ष-रश्मि-चित्रण, एक्स-रे-चित्र।

radiograph[2] v.t. क्ष-रश्मि-चित्रण करना।

radiographer n. क्ष-रश्मि-चित्रक, एक्स-रे-चित्रकार।

radiographic a. क्ष-रश्मि-चित्रण-विषयक, रेडियो-ग्राफ-सम्बन्धी (~ *work*)।

radiography n. क्ष-रश्मि-चित्रण, एक्सरे-चित्रण, एक्सरेसे चित्र लेना।

radiolarian a. अरसूत्रपाद-, अरसूत्रपादीय, जल-जीवीय, जलजीवी-विषयक, समुद्रके छोटे-छोटे जीवोंसे सम्बन्धित।

radiolocation n. =RADAR; एक्स-रे-स्थित्यन्वेषण, रेडियोरश्मि द्वारा स्थितिका अन्वेषण।

radiological a. रेडियोधर्मी; क्ष-रश्मिक, क्ष-रश्मिकीय, एक्स-रेका (~ *physiology*)।

radiologist n. विकिरण-विशारद, क्ष-रश्मि-विद्या-विशारद, एक्स-रे-विशेषज्ञ।

radiology n. क्ष-राश्मिकी, क्ष-रश्मि-विद्या, एक्स-रे-विज्ञान।

radiometer n. विकिरणमान, रेडियोमीटर।

radiometrical a. विकिरणमानीय, विकिरणमान-विषयक, विकिरण-सम्बन्धी, रेडियोमीटरका।

radiophone n. विकिरणभाष, रेडियोफोन।

radioscope n. विकिरण-दर्श या दर्शक यन्त्र, रेडियो-दर्शी, रेडियोस्कोप।

radioscopy n. तेजेक्षा, रेडियोस्कोपी।

radiotherapy n. रेडियो-चिकित्सा, क्ष-रश्मि-चिकित्सा, एक्स-रे-चिकित्सा।

radish n. मूली।

radium n. तेजातु, रेडियम;
~ bath, ~ emanation, ~ heat, ~ lead, ~ preparation, ~ therapy, ~ vermilion.

radius n. (pl. *-ii*) अणुप्रकोष्ठास्थि, कुहनीकी हड्डी; जन्तुओंकी अगली टाँगोंकी हड्डी, पक्षियोंके पंखोंकी हड्डी; (गणित) अरित्र, अर, अरा, जीवा, त्रिज्या, अर्द्धव्यास; त्रिज्यावत् कोई अन्य रेखा; (किसी स्थानसे) समान दूरीपर चारों ओरका क्षेत्र, घेरा (*knows everyone within a ~ of 20 miles*); वर्तुलाकार क्षेत्र, अर्धव्यासकी परिधि; (वन०) पुष्पचूड़ा, किसी पुष्पकी ऊपरी गोट; छत्रस्तवककी आरवत् शाखाएँ।

radix n. (pl. *-ices*), मूल संख्या, मूलांक (~ *fraction*); मूल, मूलस्रोत, आदि स्रोत, उद्गम।

radon n. (रसा०) तैजसवाति, रेडियम-गैस, रेडन।

radula a. रेत्रिका, चूर्णप्रावार-जिह्वा।

raduliform a. रेत्रिकाकृति, रेत्रिकाकार, चूर्णप्रावार-जिह्वा-सदृश, फीते-जैसा।

raff = RIFF-RAFF.

Raffaelesque, Raphaelesque aa. रैफेलकी शैलीसे सम्बन्धित।

raffia n. वज्रतन्तु, रैफिया (मेडागास्करकी खजूर या ताड़)।

raffish a. दुर्वृत्त, दुर्नाम, निन्द्य, नीच, लम्पट, व्यसनी, आमोदप्रिय, पोच, ओछा, छिछोरा, बदनाम, बदमाश।

raffle[1] n. द्यूत-विक्रय, जुआ-बिक्री, चिट्ठी डालकर वस्तु-विक्रय, चिट्ठी, पाँसा, लाटरी।

raffle[2] v. i. & t. द्यूत-विक्रयमें भाग लेना, द्यूत-विक्रय करना, चिट्ठी डालकर सामान बेचना, पाँसा फेंकना।

raffle[3] n. कीट, छीलन-छालन, कतवार, कबाड़, कूड़ा-करकट, कंकड़-पत्थर, तलछट।

raft[1] n. उडुप, प्लव, बेड़ा, (नौकारूपमें प्रयुक्त) लट्ठोंका ठाट, पटरा; छिछला तट ⊙; ~sman (बेड़ेका) खेवैया, खेवनहार।

raft[2] v.t. & i. बेड़ा बनाना; बेड़ा खेना; बेड़ेसे पार करना।

rafter[1] n. बेड़ा बनानेवाला।

rafter[2] n. धरण, धरणी, स्थूणा, धन्नी, कड़ी, शहतीर।

rafter[3] v.t. (प्रायः भूतकृ० में) धन्नी लगाना, कड़ी लगाना; छोड़-छोड़कर गण्डेदार जुताई करना।

rafty a. विलग्न, आर्द्र, नम।

rag[1] n. चीवर, चीर, चिथड़ा, धज्जी, लत्ता; (बहुव०)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

जीर्ण-शीर्ण वस्त्र, चिरकुट, गूदड़; टुकड़ा (*flying ~s of cloud*); (अपमानजनक) झण्डा, रूमाल, पर्दा, समाचारपत्र, कागज; (क०) दाँतेदार या कटावदार छज्जा; ~ time (अमरीकाका) एक हब्शी संगीत; (गुण०) हास्यास्पद; ~-boy गुड्डा; ~wort कन्थापर्ण; *in ~s* फटा-पुराना;

~-bleacher, ~ jag, ~ paper, ~-sorter, ~weed.

rag[2] n. (छतमें लगानेका) बड़ा खुरदरा स्लेटी पत्थर, एक प्रकारका बड़ा खुरदरा पत्थर।

rag[3] n. कोलाहल, तुमुल, हंगामा, चिल्पों।

rag[1] v.t. & i. (बोल०) कटु भर्त्सना करना, डाँटना, डपटना, फटकारना, झाड़ बताना, झल्लाना, बौखलाना, खरी-खोटी सुनाना, बुरा-भला कहना, ख़बर लेना; ताने मारना, आवाजे कसना; चिल्लाना, हल्ला करना; (कमरेमें वस्तुएँ आदि) अव्यवस्थित कर देना, विपर्यस्त कर देना, गड़बड़ कर देना; मजाक करना, चिढ़ाना; सताना, दिक करना; चिथड़े करना, गूदड़ बनाना।

ragamuffin n. चिथड़ेदार, चिरकुटदार, गूदड़धारी, फटीचर, फटेहाल।

rage[1] n. रोष, प्रकोप, प्रचण्ड क्रोध, क्रोधावेश, क्रोधोन्माद, क्षोभ, उत्ताप, ताव, तैश, तमक, झुँझलाहट, गुस्सा; उन्माद, उन्मेष, उत्सेक, उत्कट भावना, उत्साह, उमंग, उफान, जोश, झोंक, झोंका; उत्कट वासना, तीव्र लालसा, प्रबल आकांक्षा; व्यसन, आसक्ति, अनुरक्ति, बेहद शौक, लत; उच्चण्डता, तीक्ष्णता, तीव्रता; काव्योन्माद, कविताक जोश; दैवी स्फुरण, दिव्य प्रेरणा; सैनिक उमंग या जोश।

rage[2] v. i. क्रुद्ध होना, कुपित होना, क्रोध करना, बकना-झकना, बमकना, तमकना, बौखलाना; (हवाका) हरहराना; (समुद्रका) क्षुब्ध होना, ज्वारमें होना, उफनना, गर्जन करना; आवेशमें आना, तैशमें होना, झल्लाना, तावमें आना; (पीड़ा आदिका) प्रचण्ड होना, प्रबल होना, उग्र होना, तीव्र होना; (युद्ध आदिका) जोर पकड़ना, होते रहना; ~ one*self* out (झंझा या तूफानका) शान्त हो जाना, प्रशान्त होना, उतर जाना; आवेग शान्त होना, भड़ास निकल जाना, ठण्डा पड़ना, जोर घट जाना।

rageful a. क्रोधान्वित, कोपाकुल, आवेशपूर्ण।

ragg n. = RAG[2].

ragged a. चीर्ण, चीरित; भद्दा, खुरदरा; दन्तुर, दाँतेदार, नुकीला; विषम, असम, उच्चावच, ऊँचा-नीचा, नाहमवार; (अभ्र०) प्रक्षेपी, प्रक्षेपयुक्त; जीर्ण-शीर्ण-वस्त्रधारी, गूदड़; जीर्ण-शीर्ण, फटे हाल, फटा-पुराना; सदोष, अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण, असंगत, अनुपयुक्त, खराब; ~ school निर्धन-पाठशाला, धर्मार्थ विद्यालय।

raggedness n. चीर्णत्व, चीर्णता, चीरितत्व, चीरितता; भद्दापन, खुरदरापन; दन्तुरता, दाँतेदार होना, नुकीलापन; उच्चावचता, विषमता, असमता, नाहमवारी; प्रक्षेपिता, प्रक्षेपयुक्तता; जीर्ण-शीर्णता, गूदड़पन; सदोषता, अपूर्णता, त्रुटिपूर्णता।

rag(g)ie n. रागी, जुन्हरी, मोटा अनाज।

ragi n. = RAGIE.

raging[1] n. क्रोध, कोप, गुस्सा, गुस्सा करना।

raging[2] a. सक्रोध, सकोप, क्रोधपूर्ण, कोपपूर्ण; उग्र, तीक्ष्ण, तीव्र. उच्चण्ड।

Raglan n. (एक प्रकारका कोट), रैगलन।

ragman n. चीर-चेता, चिथड़े एकत्र करनेवाला, चिन्दी एकत्र करनेवाला, गुदड़ी इकट्ठा करनेवाला; चीर-व्यापारी, गुदड़ीका व्यापारी, कबाड़ी।

ragout[1] n. सालन, तरकारी।

ragout[2] v.t. सालन पकाना, कोरमा पकाना।

ragtag n. जनसमुदाय, जनकलाप, जनसमूह, भीड़; गुण्डे लोग।

ragtime n. (संगीत) रैगटाइम, एक अमरीकी धुन।

raguly a. (टहनियाँ) उत्प्रसारी, बहिःप्रसारी, उत्क्षिप्त, बहिःक्षिप्त, बाहरकी ओर निकली हुई।

rahat lakoum n. (एक प्रकारकी तुर्की मिठाई), राहते-लक्कम।

raid[1] n. अभियान, सहसाक्रमण, आकस्मिक चढ़ाई; (पुलिस या दस्युदलका) छापा, धावा, हमला, लूटमार।

raid[2] v. i. & t. आक्रमण करना, धावा बोलना, छापा मारना, हमला करना।

raider n. अभियात्री, सहसाक्रान्ता, आक्रमणकारी, आकस्मिक चढ़ाई करनेवाला, छापा मारनेवाला, धावा बोलनेवाला, हमला करनेवाला।

raik[1] n. मार्ग, रास्ता; यात्रा, सफर; क्षेत्र, विस्तार, अवधि, मार, पहुँच; मैदान, चारागाह।

raik[2] v. i. जाना, घूमना, पहुँचना।

rail[1]* n. कटहरा, बाड़ा*, रोक; (लकड़ी या लोहेकी) शलाका, सलाख, सरिया, छड़; वंशक, अयोवंश, सयान, लोहेकी पटरी*, रेल*; (बहुव०) रेलवे अंश; ~-chair पटरी-बैठक, पटरी-पकड़; ~head पथ-सीमा, पटरी-शीर्ष (जहाँपर रेलवे लाइन समाप्त हो जाती है); ~-motor स्वचालित रेल-यान; रेल मोटर; ~road ⊙ संयान, संयान-पथ, अयोमार्ग, रेलपथ, रेलवे; v.t. (किसी व्यक्ति या वस्तुको) घसीट ले जाना, घसेड़ देना, झपटकर लिवा जाना; ~roader ⊙ रेलवेका आदमी; *off the ~s* अव्यवस्थित, अक्रम;

~ bond, ~-borne traffic, ~-carriers, ~-cum-sea route, ~-cum-steamer route, ~-cum-tramway ticket, ~ fare, ~ journey, ~ priority, ~road bridge, ~road car, ~road services, ~road yard, ~ ticket, ~ trade, ~-truck.

rail[2] v.t. & i. कटहरा लगाना, घेरा बनाना, बाड़ लगाना; (बेंच आदिमें) लकड़ीकी पट्टियाँ लगाना; रेल लगाना, पटरी बिछाना, सरिया बिछाना; रेल-यात्रा करना, रेल द्वारा यातायात या संवहन करना।

rail[3] n. (एक पक्षी-विशेष), रेल।

rail[4] v. i. दुर्वचन कहना, गाली देना, अबे-तबे कहना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

डाँट-फटकार करना, झाड़ना, ताना मारना।

railer n. दुर्वचनी, अपवादी, निन्दक, आक्रोशक, गाली बकनेवाला।

railing[1] n. दुर्वचन, अपवाद, आक्रोश, भर्त्सना, गाली, फटकार, झाड़; कटहरा, बाड़ा, जंगला, रेलिंग।

railing[2] a. दुर्वचनपूर्ण, अपवादात्मक, झाड़-फटकार-वाला।

raillery n. विनोद, परिहास, व्यंग्य, दिल्लगी, ठठोली, चुहल, मजाक, हँसी, बोली-ठोली।

railless a. बेपटरी, बिना रेलका, बेरेल।

railway n. संयान; रेल; अयोमार्ग, लौहमार्ग, रेलपथ, रेलमार्ग, रेलवे लाइन, रेलवे;

~ accident, ~ administration, ~ advice, ~ authority, ~ bill, ~ bookstall, ~ bridge, ~ car, ~ carriage, ~ cash guard, ~ charges, ~ clearing account, ~ clearing accounts office, ~ company, ~ concessions, ~ construction, ~ contract, ~ creeper, ~ crossing, ~ dispensary, ~ district, ~ employee, ~ enclosures, ~ engine, ~ engineer, ~ engineering, ~ exchange accounts, ~ fare, ~ freight, ~ goods clerk, ~ gradient, ~ guard, ~ hospital, ~ institute, ~ invoice, ~ journey, ~ label, ~ land, ~ line, ~ matters, ~ note, ~ officer, ~ parcel, ~ parcel office, ~ police, ~ project, ~ protection force, ~ provident fund, ~ receipt, ~ refreshment car, ~ refreshment room, ~ refreshment room licence, ~ restriction, ~ risk, ~ route, ~ saloon, ~ servant, ~ shares, ~ siding, ~ sleeper, ~ staff, ~ station, ~ station staff, ~ stitch, ~ system, ~ ticket, ~ time, ~ track, ~ train, ~ transport, ~ traveller, ~ tribunal, ~ truck, ~ tunnel, ~ wagon, ~ warrant, ~ warrant form.

railwayless a. रेलमार्ग-विहीन।

raiment n. (छन्द० तथा भाषण०) वस्त्रालंकार, वस्त्र-सज्जा, वेशभूषा, परिच्छद, कपड़े, पहनावा, लिबास, जामा।

rain[1]* n. वर्षागम, वृष्टि, वर्षा*, मेंह, बरसात*, बारिश; (बहु व०) धारासार वृष्टि, मूसलाधार वर्षा, झड़ी, मेंहके झाले, छींटा, बौछार; ~coat बरसाती; ~fall वर्षा, वृष्टि (की मात्रा), बारिश, मेंह; ~-gauge वर्षामान, वृष्टिमान, वृष्टिमापी, वर्षामापक; ~-glass वायु-चाप-मापक, वायु-दाब-मापक यन्त्र, बैरोमीटर; ~-spell वर्षाकी झड़ी; ~-worm केंचुआ, केंचुला, गोजई; ~ *or shine* बरसे या न बरसे; *the ~s* वर्षा, वर्षाकाल, पावस, वर्षाऋतु, बरसात;

~-beaten, ~ bird, ~-bitten, ~-bound, ~burst, ~-damped, ~-drenched, ~-driven, ~ drop, ~ factor, ~fall auxiliary, ~fall chart, ~fall constant, ~fall curve, ~fall data, ~fall distribution, ~fall efficiency, ~fall factor, ~fall intensity, ~fall normal, ~fall recording station, ~fall registration, ~fall station, ~fall statistics, ~fall table, ~ forest, ~ fowl, ~-gauge platform, ~-gauge station, ~ indicator, ~-making, ~proof, ~-quail, ~-soaked, ~-shadow, ~ storm, ~-streaked, ~s weeding, ~-swept, ~tight, ~ tree, ~ water, ~-water pipes, ~ weather.

rain[2] v. i. & t. बरसना, पानी पड़ना, मेंह गिरना, बारिश होना; (ला०) वर्षा होना, तार बँधना, बौछार होना, झड़ी लगना; उमड़ना, भरमार होना; वृष्टि करना, वर्षा करना, बरसना, बौछार करना (*flowers ~ from their hands.*; *~ in* अन्दर बौछार आना।

rainbow n. इन्द्रचाप, इन्द्रधनुष; (गुण०) इन्द्रधनुषी, बहुरंगी;

~ orange, ~ red, ~ scarlet, ~-trout.

raininess n. बहुवृष्टि, वर्षालुता, वर्षा-बाहुल्य, वृष्टिमत्ता, बरसातीपन।

rainless a. निर्वृष्टि, वर्षाहीन, शुष्क, सूखा।

rainy a. वृष्टिमत्, वर्षिक, बहुवृष्टि, वर्षाबहुल; प्रावृषिक, मेंह-सम्बन्धी, बरसाती, बरसातका (*~ season*); जलधर, वर्षाकारी, नीर-भरा, मेंह भरा; *~ day* (ला०) दुर्दिन, आपत्काल, संकटकाल, विपन्नावस्था (*provide against a ~ day*)।

raise[1] n. वेतन-वृद्धि; पोकरका दावँ; ब्रिजकी बोली।

raise[2] v.t. (प्रायः *up* के साथ) उन्नीत करना, उद्वहन करना, उन्नत करना, उत्थापन करना, उत्थित करना, उत्क्षिप्त करना, ऊपर उठाना, ऊँचे उठाना; सचेत करना, चेताना; प्रोत्साहित करना, उत्साहित करना, जाग्रत करना, उकसाना, उभाड़ना, जोश दिलाना; (किसीके विरुद्ध) उत्तेजित करना, भड़काना; अभिजनन करना, उत्पन्न करना, प्रजनन करना; निर्माण करना, रचना, गढ़ना; उत्क्रोश करना, उद्घोष करना, श्राव्य बनाना, कहना; (विवाद आदिका) अवसर देना, कारण उपस्थित करना; (किसी बातसे) निष्कर्ष निकालना, फल निकालना, उपस्थापित करना, प्रस्तुत करना, पेश करना; (आपत्ति) उठाना, करना; पदवृद्धि करना, उच्चतर पदपर नियुक्त करना; (भूमिसे) कर्षित करना, खींचना, निकालना; ऊर्ध्वोन्मुख या ऊर्ध्वमुख करना; श्रेष्ठतर बनाना, शुद्धतर बनाना, पवित्रतर बनाना; (ध्वनि आदिका) तीव्रतर करना; (नौवि०; भूमि या पोतका) दृष्टिमें आना, दिखाई पड़ना; स्तर ऊँचा करना, ऊँचा उठाना; उद्ग्रहण करना, उगाहना, वसूलना; संग्रह करना, इकट्ठा करना (*~ money, tax*); आरोपित करना; (घेरा, मार्गावरोध

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

इत्यादि) मुक्त करना, उठा लेना, हटा लेना, त्याग देना; बाध्य करना; उठना, उन्नति करना ⊙; बढ़ाना, विकसित करना ⊙; पोषण करना, पालन करना ⊙; ~ *a dust* (शा० एवं ला०) वात्याचक्र पैदा करना, बवण्डर उठाना, गर्द उड़ाना, धूल डालना; सत्यपर पर्दा डालना; ~ *a laugh* हँसी मचाना, लोगोंको हँसाना; ~ *a siege* घेरा उठा लेना; ~ *bread* रोटी फुलाना; ~ *cloth* कपड़ा धोंटना, कपड़ेपर रोयाँ इत्यादि उठाना या जमाना; ~ *loans* उधार लेना; ~ one's *eyes* ऊपर देखना, आँख उठाना; ~ one's *hat* विनम्र होना, विनत होना, टोपी उतार लेना; ~ *the wind* रुपया उधार लेना।

raised ⊙ a. जात, उत्पन्न; पोषित, लालित, पालित; शिक्षित; उन्नीत, उत्थापित, उद्वाहित, उठाया हुआ (~ *beach*)।

raiser n. उन्नायक, उन्नेता, उत्क्षेप्ता, उद्वाहक, उत्थाता, उठानेवाला; सचेतक, चेतानेवाला; प्रोत्साहक, जोश दिलानेवाला, उकसानेवाला।

raisin n. द्राक्षा, दाख, मुनक्का, किशमिश।

raising n. उत्थापन, उन्नयन, उठाना, बढ़ाना।

raisonne a. सुव्यवस्थित, परिव्यवस्थित, पूर्णरूपसे व्यवस्थित; क्रमयुक्त, क्रमपूर्ण, क्रम-व्यवस्थित।

raj n. राज्य, राज; (*the British ~ in India*)।

raja(h) n. राजा।

rajput n. राजपूत।

rake[1] n. संकिर, पाँचा, पटेला, जेली, हेंगा।

rake[2] v.t. & i. (पाँचेसे) संकृत करना, संकीर्ण करना, एकत्र करना, बटोरना, समेटना, खींचना, हटना, हटाना, बुहारना; (ए आदिसे) उकसाना, कुरेदना; खोलना (~ *out the fire*); खुरचना, खरोंचना; गोली बरसाना, गोलाबारी करना; दृष्टि दौड़ाना, निगाह डालना; पाँचा या जेली चलाना; खोज करना, खोजना, ढूँढ़ना, छानबीन करना, टटोलना (*has ~d all history for a proof*); ~-off ⊙ कमीशन।

rake[3] n. दुश्चरित्र, लम्पट, व्यसनी, दुराचारी, विलासी, बाँका, छैला, बना-ठना, आवारा, गुण्डा।

rake[4] n. वक्रता, नति, झुकाव, मोड़, खम।

rake[5] v. i. & t. (पोतके अग्र या पश्च भागका) पेंदेसे निकलना या निकालना, पृष्ठभागकी ओर झुका हुआ होना (*bicycle's front forks are ~d*)।

rakehell n. लम्पट, व्यसनी, लुच्चा, आवारा।

raker n. संकर्ता, संकीर्णक, समेटनेवाला, बटोरनेवाला; कुरेदनेवाला, खुरचनेवाला; गोलाबारी करनेवाला; ढूँढ़नेवाला, छानबीन करनेवाला।

raking[1] n. संकिरण, पाँचेसे बटोरना, पटेलासे बटोरना, जेलीसे बटोरना, हेंगासे बटोरना; संकीर्ण वस्तु, बटोरी हुई वस्तु, एकत्र की हुई चीज।

raking[2] a. क्षिप्र, प्रजवी, प्रवेगी, शीघ्रगतिवान्, जल्दी-जल्दी चलनेवाला।

rakish[1] a. लम्पट, व्यसनी, भोगासक्त, दुराचारी, आवारा; दुराचार-विषयक।

rakish[2] a. दस्यु-पोत, आवारा जहाज, छापामार जहाज।

rakishness n. दुश्चरित्रता, लम्पटता, व्यसन, विलासिता, दुराचार, गुण्डई, आवारापन।

rale n. आगन्तुक ध्वनि, फुफ्फुसकी खरखराहट।

rally[1] n. पुनरेकत्रीकरण, पुनःसम्मिलन; व्यूहीकरण, समाहरण, रैली; समागमन, जमाव, जुटाव, जमघट; प्रकृतिस्थता, स्वास्थ्य, बल-लाभ।

rally[2] v.t. & i. एकत्र होना, सम्मिलित होना, श्रेणीबद्ध होना, जमना, जुटना; पुनः संघर्ष करना, फिर युद्ध आरम्भ करना; पुनः एकत्र करना, समाहरण करना, व्यूहीकरण करना; समुत्थित होना, प्रकृतिस्थ होना, स्वस्थ होना, बल-लाभ करना, आरोग्य-लाभ करना।

rally[3] v.t. परिहास करना, विनोद करना, चुहल करना, चुटकी लेना, हँसी-ठट्ठा करना, मजाक करना।

ram[1] n. जलमेष, मेष, मेढ़ा, भेड़ा, दुम्बा; (*the R~*) मेष राशि; युद्धपोतकी नोक या फाल; नुकीला युद्धपोत; (नींव आदिकी कड़ी गाड़नेकी) मोंगरी; मूसल, थापी, दुरमुस, दुरमुट; (तोपका) मुसला; पानी ऊपर चढ़ानेकी कल; जल-पम्पकी धौंकनी या प्लंजर।

ram[2] v.t. कूटना, (कूट-पीसकर) ठीक करना; दुरमुस चलाना, थापी चलाना, मोंगरी चलाना; (स्तम्भ या पौधेको चारों ओरकी) मिट्टी कूट-पीटकर मजबूत करना; ठोंकना, गाड़ना, बैठाना; ठूँसकर भरना (~*med his clothes into the bag*); पूरा भरना, भरकर ठूँसना; फाल मारना, चीर देना; धक्का मारना, लड़ाना; पटकना, दे मारना (~*med his head against the wall*)।

ram[3] n. (नौवि०) नौकाकी पूरी लम्बाई।

Ramadan n. (मुसलमानोंका) रमजान (का महीना)।

ramal a. शाखीय, प्रशाखीय, शाखा-विषयक, प्रशाखा-सम्बन्धी, टहनियोंका।

ramble[1] n. संचरण, विचरण, परिभ्रमण, पर्यटन, विहार।

ramble[2] v.i. संचरण करना, विचरना, पर्यटन करना, विभ्रमण करना, विहार करना, सैर करना, घूमना, टहलना; प्रलाप करना, असम्बद्ध बोलना, बेसिर-पैरकी बातें करना।

rambler n. संचरणशील, विचरणशील, परिभ्रमणकारी, घुमन्तू, घुमक्कड़, सैलानी; एक प्रकारका आरोहणशील गुलाब।

rambling a. संचरणशील, पर्यटनशील, भ्रमणशील; असंगत, असम्बद्ध, असंलग्न, शिथिल; (पौधा) आरोहणशील, इधर-उधर चढ़नेवाला या छिटकनेवाला; (घर, मार्ग इत्यादि) अनियत, अव्यवस्थित, अस्तव्यस्त, अलूल-जलूल, बेढंगा, बेकायदा, बेतरीका।

ramekin, -quin n. मक्खन और अण्डेसे युक्त भुनी हुई रोटी।

rameous a. शाखीय, प्रशाखीय, शाखागत, शाखा-विषयक, प्रशाखा-सम्बन्धी, टहनीका।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

ramie n. चीन-घास(तन्तु), (चीन और पूर्वी द्वीपसमूह-की) एक प्रकारकी बिच्छू-बूटी (का रेशा)।

ramification n. उपशाखा, शाखा-प्रतिशाखा, शाखा-संविभाग, शाखाविभाजन, श्रेणी-विभाग (जैसे, *the ~s of a river, society, trade.*)।

ramified a. शाखामय; शाखायित (*railways were ~ over the country*)।

ramify v. i. & t. शाखायित करना, शाखावत् निकालना, शाखाओंमें विभक्त होना या करना, हिस्सोंमें बँटना या काँटना, फटना, अलग-अलग होना।

ramline n. नौरज्जु, पोतरज्जु, बननेवाले जहाजके बीचकी रस्सी।

rammer n. थापी, दुरमुस, मोंगरी, मुग्दर, ठूँसनी।

rammish a. पौतिक, पूतिमय, दुर्गन्धित, दुर्गन्धमय, उग्रगन्ध, तीव्रगन्धयुक्त, बदबूदार।

rammishness n. पौतिकता, पूतिमयता, दुर्गन्धिता, दुर्गन्धमयता, बदबूदार होना।

rammy a. अजमेषवत्, मेषवत्, मेढ़ा-जैसा, भेड़ा-जैसा, दुम्मा-जैसा, दुम्बा-सा।

ramose a. उच्छाख, शाखी, प्रशाखी, शाखामय, शाखा-बहुल, शाखदार।

ramous a. उच्छाख, शाखी, प्रशाखी, शाखामय, शाखा-बहुल, शाखदार, टहनीदार।

ramp[1] n. प्रवणी, उद्भंग, ढाल, ढलुवाँ उतार; उछलकूद, कुलाँच।

ramp[2] v. i. & t. आक्रमणकारी मुद्रामें आना, पिछले पैरोंपर खड़ा होना; क्रोध दिखाना; आक्रमण करना, झपटना, आ पड़ना, चढ़ बैठना; कूदना, फाँदना, उछालना; ढालू बनाना, चढ़ाना या उतारना; चढ़ाव-उतारमें करना।

ramp[3] n. & v. i. & t. कल्पित ऋण (वसूलनेकी चेष्टा करना), चोरबाजारीके सामान (पर अत्यधिक मूल्य लेना)।

rampage[1] n. प्रखर व्यवहार, हिंसात्मक वर्ताव।

rampage[2] v. i. दुर्व्यवहार करना, अशिष्ट व्यवहार करना, बुरा वर्ताव करना; क्रोध दिखाना, आवेशमें आना, झुँझलाना; आक्रमण करना, झपटना, टूट पड़ना।

rampageous a. हिंस्र, खूँखार, रूखा।

rampageousness n. हिंसा, अमर्ष, खूँखारी, रूखापन।

rampancy n. उग्रता, उद्रिक्तता, उत्सिक्तता, दुर्दान्तता, प्रचण्डता, अनियन्त्रण, प्रबलता, उच्छृखलता; जोर; आक्रमणकारिता; व्याप्ति; विवृद्धि, संवृद्धि, उत्क्रम, आरोहणोन्मुखता।

rampant a. उग्र, उद्रिक्त, उत्सिक्त, प्रचण्ड, दुर्दान्त, प्रबल, अनियन्त्रित, उच्छृखल, असंयत, निरंकुश (*~ theorist*); पामर, नीच; आक्रमणकारी; व्याप्त; विवृद्ध, संवर्द्धित; आरोहणोन्मुख, परस्पर ऊँचे जोड़वाला।

rampart[1] n. दुर्गप्राचीर, प्राकार, रक्षा-प्राकार, कोट, चहारदीवारी, शहरपनाह; रक्षा, आड़, बचाव, ओट।

rampart[2] v.t. (प्रायः चहारदीवारी इत्यादि बनाकर) रक्षा करना, बचाना, ओट लगाना।

rampike n. स्थाणु, नीरस-तरु, शुष्क-वृक्ष, सूखा पेड़, ठूँठ।

rampire n. (प्रा०) = RAMPART.

ramrod n. (बन्दूककी नली साफ करने या बारूद ठूँसनेकी) छड़, ठूँसनी।

ramshackle a. भ्रष्ट, लड़खड़ाता, डावाँडोल, ढीला-ढाला (प्रायः मकान अथवा वाहन)।

ramson n. वन्य लशुन, जंगली लहसुन।

ramulose a. = RAMULOUS.

ramulous a. शाखी, प्रशाखी, शाखामय, प्रशाखा-बहुल, टहनीदार।

ramulus n. शाखिका।

ramus n. उच्छाखा; शृंग; उपशिरा, नस।

ran[1] n. (सुतली या रस्सीकी) एक नाप।

ran[2] RUN[2] का भूतकालिक रूप।

rance n. धूसर मर्मर, धूसर संगमरमर (जिसमें काले और श्वेत रंगकी पंक्तियाँ होती हैं)।

ranch[1] n. (अमरीकामें) पशुपालन-केन्द्र।

ranch[2] v.t. (पशुपालन-संस्था) संचालित करना, चलाना; खेत कमाना।

rancher n. पशुपालक, पशुपालन-क्षेत्राधिकारी, पशु-पालन-केन्द्राधिकारी, पशुपालन-केन्द्रका मालिक।

ranchero n. गोपाल, गोपालक, चारक, चरवाहा; पशुपालन-क्षेत्र-श्रमिक, पशुपालन-केन्द्र-अधिकारी।

ranchman n. पशुपालक, पशुपालन-क्षेत्राधिकारी, पशुपालन-केन्द्राधिकारी, पशु-स्वामी।

rancho n. (pl. *-s*) (यात्रियोंके लिए) झोपड़ी या झोपड़ियाँ; पशुपालन-केन्द्र।

rancid a. कटु, दुर्वास, तीव्रगन्धि, दुर्गन्ध, कुवास-युक्त, उग्रगन्ध, पूतिगन्धयुक्त, बदबूदार, गन्दा, (सड़ी हुई बासी चर्बीके समान गन्ध या स्वादवाला); *~ flavour* खट्टा स्वाद।

rancidity, rancidness nn. पूतिगन्धिता, कटुता, दुर्वासता, कुवास, तीव्रगन्ध, कटुगन्ध, दुर्गन्ध, खटवास, बदबू; तीव्रगन्धयुक्तता।

rancorous a. द्वेषशील, विषपूर्ण, विषाक्त; द्रोही, विद्वेषी, ईर्ष्यालु, ईर्ष्यापरवश, घृणामय; हिंसापूर्ण।

rancour n. असूया, मात्सर्य, द्रोह, अतिद्वेष, विद्वेष, ईर्ष्या, बद्धमूल शत्रुता, वैर, मनमुटाव, डाह; हिंसा।

rand n. (जूतेका) भीतरी तल्ला; (द० अफ्रीकामें) नदीकी घाटियोंके दोनों ओरकी पहाड़ियाँ; the R~ जोहानस-बर्ग।

randan[1] n. तीन व्यक्तियोंके खेनेकी रीति; ऐसी रीतिकी नाव।

randan[2] n. नौविहार; मत्तोल्लास, आनन्दोत्सव, कोला-हलपूर्ण मद्यपान; एक प्रकारकी नौका।

randem n. अश्वत्रय-वाहन, तीन घोड़ोंकी गाड़ी, तिनघोड़ा गाड़ी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

randiness n. विलासिता, कामवासना।

random[1] n. दैवाधीन गति, अनिश्चित गति, अनियत रूप; लक्ष्यहीनता; *at* ~ अपूर्वसूचित, अतर्कित, सहसा, ससम्भ्रम, ससंवेग, अचानक; यत्रतत्र; योंही।

random[2] a. दैवाधीन, अनिश्चित, अनियत, अनियमित, विशृंखल, यादृच्छिक, अविचारित, आकस्मिक, समसम्भावित, अटकलपच्चू, बिना सोचे-समझे:

~ assortment, ~ fluctuation, ~ method, ~ numbers, ~ sample, ~ selection, ~ shot, ~ throws.

randomness n. यदृच्छा, विशृंखलता, अविचारपूर्णता।

randy a. उद्धत, अशिष्ट, असभ्य, हल्ला करनेवाला, शोर मचानेवाला; हृष्ट, बलिष्ठ, मजबूत; (स्काट० में, गाय आदि) दुष्ट, वन्य, अड़ियल, मुँहजोर, जंगली; (बोल०) सम्भोगेच्छु, कामोपभोग-वृत्तिमय, कामातुर, विलासी, व्यसनशील।

ranee n. राज्ञी, सम्राज्ञी, रानी।

rang RING[2]. का भूतकालिक रूप।

range[1]* n. क्षेत्र, परिक्षेत्र, परास, परिसर, गोचर, अभिसीमा*, भ्रमण-सीमा, विस्तार, हद्द*, फैलाव; स्थिति, दिशा; अवली, वीथी, क्यारी; श्रेणी, पंक्ति, कतार; पर्वतश्रेणी, माला; विचरण, संचरण, भ्रमण, परिभ्रमण, पर्यटन, इधर उधर घूमना; चक्र, मण्डल, गोला, घेरा; पंजी, बही, रजिस्टर; रूपान्तरसीमा, परिवर्तन-सीमा; तुला, सीमित माप, नाप; दूरी, पहुँच, (*the ~ of her voice*); मनके दौड़नेकी शक्ति; (बन्दूक आदिका) गतिक्षेत्र, रसाई, दौड़, मार; सुदीर्घ चुल्ली-विशेष, पकानेका चूल्हा, रेंज; ~-finder लक्ष्य-दूरी-मापक यन्त्र, रेंज-फाइंडर;

~ appliances, ~ assistant, ~ assistant's circle, ~ clerk, ~ engineer, ~ management, ~ management plan, ~ office, ~ orderly, ~-oscilloscope, ~ pole, ~ practices, ~ staff, ~ stock register, ~ subordinates.

range[2] v.t. & i. विन्यस्त करना, विन्यास करना, श्रेणीवद्ध करना, पंक्तिवद्ध करना, क्रममें लगाना, लाइनोंमें बाँटना; एक सीधमें दौड़ना; दो छोरोंमें बदलना; (निश्चित प्रदेशमें) होना, पाया जाना; फैल जाना, फैला रहना; उचित गौरव पाना, उचित प्रतिष्ठालाभ करना, स्थान पाना, बराबर होना (*~s with the great writers*); भ्रमण करना, परिभ्रमण करना, संचरण करना, विचरण करना; (गोलीके लिए) विस्तार-भर फेंकना, आर-पार जाना; सब ओर जाना; समुद्रमें खेना, तीरभूमिमें चलाना।

ranger n. (क्रियागत अर्थोंमें) पंक्तिवद्ध करनेवाला, श्रेणीसे लगानेवाला; राजिक, वनपाल, अरण्यपाल, राजोद्यानपाल, उपवनरक्षक कर्मचारी, रेंजर; (प्रायः R~) ⊙ अमरीकी सैनिक; (pl. अश्वारोही तथा अन्य) सैनिक, घुड़सवार सिपाही; पर्यटक, भ्रमणकारी; लुब्धक, व्याध, शिकारी; शिकारी कुत्ता; बालचरनेत्री, रेंजर।

rangership n. उपवनरक्षकता, अरण्यपालिता, उद्यानपालका पद।

ranging[1] n. गोचरान्वेषण, मूलान्वेषण; ~ out पंक्तिबन्धन।

ranging[2] a. विचरक, संचरक, पर्यटक, परिभ्रमणशील।

rangy a. श्रेणीयुक्त; ⊙ छरहरा, पतला।

rani n. राज्ञी, रानी।

ranine a. (जीववि०) भेकवत्, मेंढकी; जिह्वाग्रके तले।

rank[1] n. कोटि, श्रेणी, पंक्ति, पाँत, कतार (*~ correlation*); सैन्य-विन्यास; वर्ग, गण, जत्था, मण्डली; मान, मर्यादा, पद, पदवी, पदश्री, गौरव, स्थान, स्थिति, प्रतिष्ठा, उत्कर्ष, अनुस्थिति; विधि, नियम, क्रम, व्यवस्था; माप क्रम, मानचिह्न; आभिजात्य, कुलोत्कर्ष; front ~ आगेकी कतार; rear ~ पीछेकी कतार; *break ~* क्रमबद्ध न रह सकना, पंक्ति तोड़ना; *keep ~* क्रमबद्ध रहना, पंक्तिमें रहना; *person of ~* उच्चवर्गीय व्यक्ति; *~ and fashion* उच्च कुल, प्रतिष्ठित समाज; *rise from the ~s* (साधारण सैन्य-पदसे) उच्चपद प्राप्त करना; उन्नत होना, बढ़ जाना; *the ~s* or *the ~s and file* सामान्य सैन्यदल, साधारण सैनिक, समग्र निम्नश्रेणीके सिपाही; सामान्यलोक, सामान्यजन, सामान्य जनता, जनसाधारण; *the ~s were broken* क्रम टूट गया, व्यवस्था भंग हो गयी, कायदा बिगड़ गया।

rank[2] v.t. & i. क्रमविन्यास करना, क्रमबद्ध करना, श्रेणीवद्ध करना या होना, यथारीति सज्जित करना या होना; (प्रायः सैन्य०) पदस्थ होना; पदविशिष्ट होना; पदवितरण करना, स्थान प्रदान करना, ओहदा देना; समादर करना, अनुराग करना; समादृत होना, स्थान पाना (*~s among the great powers*); (किसी दिवालिये मालपर) हकदारोंकी सूचीमें स्थान पाना।

rank[3] a. अतिवर्धित, अति-उर्वर; (कानून) अतिमात्र, अत्यधिक, प्रभूत, प्रचुर, विपुल; आत्यन्तिक; घासवाला, मोथेसे भरा हुआ; कटुगन्धि, तीव्रगन्धि, दुर्गन्धित; उग्र गन्धमय, भ्रष्ट, दूषित, अश्लील, घृणास्पद, घिनौना; अच्युत, बलिष्ठ, ओजपूर्ण, शक्तिसम्पन्न (प्रा०); उग्र, उत्कट, विषम, प्रचण्ड (*~ treason*); मलिन, मूढ़; स्थूल, भारी; कुरूप, भद्दा।

ranked a. श्रेणीवद्ध, कोटिवद्ध, पंक्तिवद्ध।

ranker n. सैनिक (जो आयुक्ताधिकारी रह चुका है); क्रमविन्यासक; (pl.) पंजा।

ranking n. क्रम-विन्यास।

rankle v. i. (बोल०, घाव इत्यादिका) सड़ना, पीड़ा देते रहना; उग्र होना, प्रबल होना, मर्मभेदी होना, खटकना, खुभना, चुभना, अनवरत पीड़ा पहुँचाना, तंग करना, सताना।

rankness n. मोटापा, मोटाई, भद्दापन; मूढ़ता; प्राचुर्य, प्रचुरता, अतिरेक, उद्रेक, विपुलता; विरूपता; दुर्गन्ध;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अश्लीलता; दूषितता, भ्रंश; तीक्ष्णता, उग्रता; प्रज्वलन ।

ransack v.t. अनुसन्धान करना, अन्वेषण करना, अच्छी तरह ढूँढ़ना, खूब तलाश करना; लुण्ठित करना, लूटना, ठगना, छीनना, डाका डालना, लूटखसोट करना ।

ransom[1] n. निष्क्रय, निष्कृति-धन, निस्तार-धन, मुक्तिमूल्य, बन्दीका उद्धार-मूल्य; निस्तार, बन्दित्वमोचन, बन्दी-उद्धार, छुटकारा;
~-bill, ~-bond, ~ contract, ~ debt, ~ money.

ransom[2] v.t. उद्धार करना, मुक्त करना; स्वतन्त्र करना; मुक्त्यर्थ धन देना, स्वतन्त्रता खरीदना, मुक्ति खरीदना; निष्क्रय करना, निस्तार करना; *hold one to* ~ (किसीको) निष्क्रयद्रव्यपर छोड़नेकी इच्छा रखना; *worth a king's* ~ महार्घ, बहुमूल्य, कीमती ।

ransomer n. निस्तारक, निष्क्रेता, उद्धर्ता, मोचक, स्वतन्त्र करनेवाला, छोड़नेवाला ।

ransomless a. मुक्तिमूल्यरहित, उद्धारमूल्यरहित, निस्तारधनरहित, निष्क्रयद्रव्यरहित ।

rant[1] n. शब्दाडम्बर; ऊँचा स्वर, ऊँचागान; अनर्गल प्रलाप, बकवाद, अर्थहीन वाक्य, बकझक, बकवास, बेतुकी बात ।

rant[2] v. i. & t. प्रगल्भता करना, शब्दाडम्बर करना, वागाडम्बर करना, निरर्थक भाषाका प्रयोग करना, आलंकारिक भाषा बोलना; लम्बी-चौड़ी हाँकना, बकना, डींग मारना ।

ranter n. बहुवादी, बहुभाषी, बहुसंलापी, उच्चभाषी, प्रलापी, उच्चसंलापी, बड़बड़िया, जोर-जोरसे बातचीत करनेवाला ।

rantipole a. वन्य, वनज, वनजात, जंगली; अशिष्ट, असभ्य, मूढ़, मूर्ख, गँवार ।

ranula n. अधोजिह्वार्बुद, जिह्वाके नीचेका फोड़ा, रैमुला ।

ranunculus n. नवनीतचष-प्रजाति (फूलनेवाले पौधोंकी एक जाति) ।

rap[1] n. अणु, सबसे छोटा टुकड़ा; *not worth a* ~ क्षुद्र, रद्दी, बेकार ।

rap[2] n. १२० गज सूतकी लच्छी ।

rap[3] n. आघात, खटका, धक्का, ठोकर, खड़खड़ाहट, थपक, थपथपानेकी आवाज; थप्पड़; *a* ~ *on the knuckles* (ला०) भर्त्सना या झिड़की; बच्चेको दी गयी सजा, दण्ड ।

rap[4] v.t. & i. धक्का देना, ठोकर मारना, तीव्र प्रहार करना, ठोकना; अपहरण करना, छीनना, झपटना; भड़भड़ाना, खड़खड़ाना, खटखटाहटका शब्द करना; उसी क्षण बोलना, चिल्ला पड़ना, तुरन्त बोल उठना; कठोर शब्दका प्रयोग करना; खड़खड़ाहट द्वारा व्यक्त करना ।

rapacious a. ग्रसनशील, बलाद्ग्राही, बलपूर्वक ग्रहणकारी, सर्वग्राही, लुण्ठक, लुण्ठनकारी, अपहारी, अपहरणशील, उत्पीड़क, लुटेरा; अतिलुब्ध, अतिलोलुप; लालची, धाऊधप ।

rapaciously adv. बलात्, हठात्, बरबस, जबरदस्ती ।

rapaciousness n. ग्रसनशीलता, बलाद्ग्राहिता, बलपूर्वक ग्रहणकारिता, सर्वग्राहिता, अपहारशीलता, लुण्ठकता, लुण्ठनकारिता, लूट-मार; अतिलुब्धता, अतिलोलुपता ।

rapacity n. बलाद् हरण, अपहरणबुद्धि, साहसिकता, लुटेरापन; पीड़न, उत्पीड़न, अत्याचार; गृध्नता, अतिलोभ, लुब्धता, लालच ।

rape[1] n. (मदिरा बनानेके बाद अवशिष्ट) अंगूरका गूदा; (सिरका बनानेका) पात्र, बर्तन ।

rape[2] n. सर्षप, श्वेत सर्षप, सरसों, तेलहन; ~ cake खली; wild ~ जंगली सरसों ।

rape[3] n. (१०८६ से) ससेक्सके ६ प्रशासकीय खण्डोंमेंसे कोई ।

rape[4] n. अपहरण, लूटखसोट; (का०) आधर्षण, हठसम्भोग, बलाद्रति, बलात्कार, जबर-जनाह ।

rape[5] v.t. अपहरण करना, बलपूर्वक ले जाना; आधर्षण करना, हठसम्भोग करना, सतीत्व नष्ट करना, बलात्कार करना ।

Raphaelesque, Raff- a. रफेलकी शैलीका (चित्र) ।

Raphaelism n. रफेल (१४८३–१५२०) की चित्रकला, रफेलकी-सी कलाशैली ।

raphia n. = RAFFIA, खजूर ।

raphides n. pl. (वन०) सूचितन्तु ।

rapid[1] n. द्रुतवाह, तीव्र प्रवाह; तेज उतार, खड़ा ढाल ।

rapid[2] a. द्रुत, त्वरित, शीघ्र, तेज (~ *transmission*) ।

rapidity n. द्रुतता, वेग, द्रुतगति, तेजी ।

rapidness n. द्रुतत्व, द्रुतता, प्रजविता, त्वरिता, त्वरा, वेग, शीघ्रता, तेजी ।

rapier n. क्षुरिका, क्षुद्र कृपाण, कटार, कटारी, छुरा, किरिच ।

rapine n. लुण्ठन, लूटपाट, लूटखसोट, डाका ।

rapparee n. (इति०, सत्रहवीं शतीका आयरलैण्डका) अव्यवस्थित सैनिक, लुटेरा ।

rapped ⊙ a. आलोचित, समीक्षित, ठोंक बजाकर देखा हुआ ।

rappee n. घटिया नास, मामूली सुँघनी ।

rappel n. (सैन्य०) डिंडिमनाद, पटह-प्रताड़न, भेरी बजना, ढोलक बजना, ढोल बजना ।

rapper n. धक्का देनेवाला, ठोकर मारनेवाला, तीव्र प्रहार करनेवाला; अपहर्ता, अपहरण करनेवाला; भड़भड़ानेवाला, खड़खड़ानेवाला; तत्क्षण बोलनेवाला; चिल्ला पड़नेवाला ।

rapport n. सारूप्य, सादृश्य; घनिष्ठ सम्बन्ध, ताल्लुक, रिश्तेदारी, नातेदारी, वास्ता ।

rapprochement n. ऐक्य, पुनर्मिलन; (दो राज्योंमें) आनुकूल्य, अनुकूलन, वैरशमन, विरोधोपशमन, पुनर्मैत्री, सौहार्द-स्थापन, सन्धि; अनुनय, सन्तोष; सामंजस्य-विधान ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

rapscallion n. (प्रा०) शठ, धूर्त, दुर्जन, दुरात्मा, दुष्ट, पाजी, कमीना, शैतान, बदमाश।

rapt a. (सामान्य अनुभूतियोंसे) आकृष्ट, लीन, लवलीन, निमग्न, डूबा हुआ; हर्षोन्मत्त, उल्लसित, अत्यानन्दित, गद्गद।

raptorial[1] n. प्रसहपक्षी, शिकारी चिड़ियोंकी एक जातिका पक्षी।

raptorial[2] a. बलपूर्वक हरणकारी, लुण्ठक, लुण्ठाकारी, लुटेरा, उठाईगीर।

raptorious a. = RAPTORIAL.

rapture n. अतिशयोल्लास, प्रहर्ष, हर्षोन्माद, आनन्दातिरेक, उल्लास, हर्षावेश, परमानन्द; अन्तरण, एक स्थानसे दूसरे स्थानतक ले जानेकी क्रिया; ~s आनन्दातिरेकप्रदर्शन, अत्यानन्दानुभूति; *be in, go into, ~s* हर्षोन्मत्त होना।

raptured a. हृष्ट, हर्षित, प्रहृष्ट, हर्षोल्लसित, प्रमोदमग्न, खुशीमें लीन।

rapturise v. i. परमानन्दित होना, हर्षोन्मत्त होना, हर्षाविष्ट होना।

rapturist n. अतिशयोल्लसित व्यक्ति, हर्षोन्मत्त पुरुष, आनन्दातिरेकयुक्त मनुष्य, हर्षाविष्ट व्यक्ति।

rapturous a. हर्षोन्मत्त, मग्न, लीन; परमोल्लासजनक, उल्लासजनक, हर्षसूचक, खुशी पैदा करनेवाला।

rapturously adv. सोन्माद, सानन्द, सहर्ष, परमानन्दपूर्वक।

rare[1] a. सूक्ष्म, अघन, पतला (*~ atmosphere of hill tops*), हल्का, झीना; विरल, प्रकीर्ण, बिड़र, बिखरा हुआ; असामान्य, असाधारण, अत्युत्कृष्ट, परम, अपूर्व, अदृष्टपूर्व, अतुल्य, अनुपम, निराला, अनूठा; दुष्प्राप्य, दुर्लभ (*~ book*); ~ earths कतिपय धातुओंका जारेय।

rare[2] ⊙ a. (मांस) अधपका, अधचुरा, कम सिझा हुआ।

rarebit n. खरगोशका भुना हुआ मांस।

raree-show n. (सन्दूकमें घुमाकर किया जानेवाला) बाइस्कोप, एक प्रदर्शन, एक तमाशा।

rarefaction, rarefication nn. अघनत्व, असान्द्रता, विरलता, विरलीकरण, विरलन, तनूकरण; अपूर्वता, विलक्षणता; लाघव, लघुता; असामान्यता, असाधारणता; दुष्प्राप्यता, दुर्लभता; सूक्ष्मता, पतलापन।

rarefactive a. तनु, विरल, सूक्ष्म, लघु, पतला, हल्का; अपूर्व, दुर्लभ, दुष्प्राप्य।

rarefiable a. अघनीय, असान्द्रणीय, विरलनीय, विरलीकरणीय, तनूकरणीय, पतला करने योग्य; असामान्यीकरणीय, असाधारणीकरणीय; दुष्प्राप्य, दुष्प्राप्य, दुर्लभ्य।

rarefied a. विरलित, विरलीकृत, पतला किया हुआ।

rarefy v.t. & i. सघनता कम करना, ठोसपन कम करना; शुद्ध करना, परिष्कार करना, स्वच्छ करना, साफ करना; सूक्ष्म बनाना; विरल होना या करना, पतला करना।

rareness n. सूक्ष्मता, अघनता, हलकापन, पतलापन, झीनापन; विरलता, बिखरापन; असामान्यता, असाधारणता; अत्युत्कृष्टता, अपूर्वता, अतुल्यता, अनुपमता; दुष्प्राप्यता, दुर्लभता।

rareripe a. & n. प्राक्पक्व (फल), मौसमके पहलेका (फल)।

rarity n. असान्द्रता, विरलता, दुर्लभत्व (दे० RAREFACTION); असामान्य वस्तु, असाधारण वस्तु, दुर्लभ वस्तु, अपूर्व पदार्थ; कौतुक, चमत्कार।

rascal १. n. दुष्ट, दुर्जन, शठ, धूर्त्त, बदमाश, लुच्चा, लफंगा, चण्ट (प्रायः बच्चोंके लिए, प्यारमें; *you lucky ~ !*); २. a. समुदायस्थ, गणयुक्त, भीड़का; the ~ rout जनता-, समान्य लोग, जनसाधारण।

rascaldom, rascalism, rascality nn. शठता, दौरात्म्य, दौर्जन्य, दुष्टता, धूर्तता, लुच्चापन, पाजीपन, शरारत, शैतानी, बदमाशी।

rascallion, rapscallion nn. धूर्त, शठ, प्रतारक, दुष्ट, खल, अधम, पामर, नीच, जघन्य, कमीना, लुच्चा, बदमाश।

rase दे० RAZE.

rash[1] n. चकत्ता, फुंसी, दिरोरा, लाल अन्हौरी।

rash[2] a. उग्र, प्रचण्ड; अविवेचक, अविमृश्यकारी, अविवेकी, अदूरदर्शी, अनवहित, असमीक्ष्यकारी, अपरिणामदर्शी, हठी, हठकारी; उद्धत, उद्दण्ड, उजड्ड, उतावला;
~ brain, ~-conceived, ~-headed, ~-hearted, ~-minded, ~-spoken.

rasher n. शूकरमांस (विशे० जंघाके मांसका पतला टुकड़ा); खण्ड।

rashling n. अशिष्ट व्यक्ति, असभ्य व्यक्ति, मूढ़ व्यक्ति, मूर्ख पुरुष, गँवार आदमी।

rashly adv. सहसा, बिना विचारे, उतावलीसे; सावेग।

rashness n. अविवेचकता, अविमृश्यकारिता, असमीक्षा, अनवेक्षा, अविवेक, अविचार, उजड्डपन, उतावलापन; आवेग; उत्ताप।

rasp[1] n. (उठे हुए दाँतेवाली) मोटी रेती; घर्षण, रगड़; उत्तेजना, चिढ़; कर्णकटुता, कर्कशता।

rasp[2] v.t. & i. (मोटी रेतीसे) रेतना, घिसना, पीसना; उत्तेजित करना, चिढ़ाना; कर्णकटु या कर्कश स्वर करना।

raspatory n. (शल्य चिकि०) रेतनेका शस्त्र, जर्राहकी रेती; चिकित्सक-शल्य, सर्जनकी छुरी।

raspberry n. रसभरी, रसबदरी; असंम्मति, अस्वीकृति, अरुचि, अपहास; दूरीकरण, बरखास्तगी; ~-canes रसभरीके पेड़; ~ vinegar रसभरीका सिरका या शरबत।

rasper n. दुर्गम चहारदीवारी, घेरा, रोक, आड़।

rasping[1] n. (मोटी रेतीसे) रेतना, रगड़ना, घिसना।

rasping[2] a. कठोर, कठिन, रगड़कर चूर करनेवाला।

raspy a. अचिक्कण, विषम, खुरदरा।

rasse n. गन्धमार्जार, मुश्कबिलाव, रस्से।

rasure n. शस्कन, प्रमार्जन, काटकूट, छीलछाल,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

छीलना; खुरचन, खुरचना।

rat[1]* n. मूषक, मूषिका, चूहा*, घूँस; चूहेकी बड़ी जातिका जन्तु; बदलनेवाला, बेवफा; दलत्यागी श्रमिक (हड़तालमें भाग न लेनेवाला मजदूर), गद्दार; ~-catcher चूहेमार, घरोंसे चूहे हटानेवाला; (ग्रा०) साधारण शिकारीकी पोशाक; ~sbane (अब केवल काव्य) चूहा मारनेका विष; ~'s-tail चूहेकी दुमकी तरहकी चीज (जैसे, रेती, छुरी); ~-tail घोड़ेकी बालरहित दुम; ~-trap चूहेदानी, मूसकश; *like a drowned* ~ भीगे चूहेकी तरह; *R~s!* अविश्वसनीय!, निरर्थक!, व्यर्थ! बेमतलब!, वाहियात!; *smell a* ~ कुछ दालमें काला है, सन्देह या संशय होना;

~-bite, ~-bite fever, ~ burrow, ~ campaign, ~-coloured, ~-deserted, ~-epizootics, ~-eyed, ~ fish, ~ flea, ~-gnawn, ~ haunt, ~ holes, ~-infested, ~-inhabited, ~ kangaroo, ~-like, ~ mortality, ~ population, ~-proof, ~-proof grain godown, ~-ridden, ~-snake, ~'s-tail cactus, ~-tailed, ~-tight, ~-virus.

rat[2] v. i. घूँस पकड़ना, चूहे पकड़ना; प्रतिपक्षका आश्रय लेना, अपने दलको त्यागना, गद्दारी करना।

ratability n. मूल्यनिरूपणीयता, करधारणयोग्यता, कर देनेकी योग्यता; आनुरूप्य, आनुपातिकता।

ratable a. अनुरूप, यथानुपात, आनुपातिक, समानुपातिक; मूल्यनिरूपणीय, करधारणयोग्य, करयोग्य, करधार्य, उपशुल्क्य।

ratafia n. (बादाम इत्यादिकी गिरीसे सुवासित) शराब; एतद्वत् सुवासित बिस्कुट; बेरके समान लाल फल, एक प्रकारका शाहदाना।

ratal n. मूल्य, दर।

rataplan[1] n. ढमाढम (ढोल या नगाड़ेका शब्द)।

rataplan[2] v.t. & i. ढमढमाना, नगाड़ा बजाना, ढोल बजाना, ढिंढोरा पीटना, हल्ला मचा देना।

ratchel n. अश्म-शकल, अश्म-खण्ड, प्रस्तर-खण्ड, पत्थरके टुकड़े, कंकड़, कंकड़-पत्थर (धरातलपर) बिछे हुए पत्थर, रोड़ी, गिट्टी।

ratchet[1], **ratch**[1] nn. (छड़ या पहिये इत्यादिमें) दाँतोंकी पंक्ति; ~ wheel अनिवर्ती चक्र, रोकदार दाँतोंके हाल या किनारेवाली पहिया।

ratchet[2], **ratch**[2] vv. t. रोकदार दाँते जड़ना।

rate[1]* n. अर्घ, उपशुल्क, उपकर (*taxes &* ~*s*); अनुमान, प्रमाण; भाव, निर्ख, दर*; जव, गति, वेग, रफ्तार (*unemployment is growing at a fearful* ~); मूल्य, दाम, कीमत, हिसाब; मूल्य-निर्धारण, करनिर्धारण; कोटि, कक्षा, श्रेणी, दर्जा; अनुपात; *at any* ~ किसी प्रकार, कमसे कम, बहरहाल; *at that* ~ इस अनुमानसे तो, इस हिसाबसे तो, इस तरहसे तो;

~ contract, ~-measure, ~payer, ~s committee, ~s proposed.

rate[2] v.t. & i. सम्मान करना, आदर करना, कद्र करना; गुणका मूल्य लगाना, योग्यताका दाम लगाना; दाम लगाना; गिनना, मानना, समझना (जैसे, *I* ~ *him among my benefactors*); मूल्यांकन करना, दाम स्थिर करना, मोल लगाना; स्थानीय कर लगाना; (नौ-सैनिकके) अधीन होना, पद माना जाना।

rate[3] v.t. & i. चपेटना, डाँटना, फटकारना, झिड़कना, धमकाना, ताना मारना, बुरा-भला कहना; आक्रमण करना, झपट पड़ना।

rateable a. अर्घ्य, करयोग्य, उपशुल्क्य (~ *property*); अनुमेय, प्रमेय (~ *distribution*); भाव करने योग्य, मूल्य करने योग्य, दाम लगाने योग्य, हिसाब करने लायक; कोटि निर्धारित करने योग्य, श्रेणी-विभाजन योग्य, दर्जा बनाने लायक; आनुपातिक, यथानुपात।

rated a. अर्घित, निर्धारितार्घ, निर्धारित।

rater n. (दौड़-प्रतियोगी) केलिपोत, विहार-नौका।

rath n. (प्रा० आयरलैण्डमें) प्रागैतिहासिक पार्वत्य दुर्ग; अति प्राचीन पहाड़ी किला।

rathe[1] n. (ऋतुमें) पहले होनेवाले सेब, मटर इत्यादि।

rathe[2] a. (का०) (वर्ष या दिनमें) बहुत पहले आनेवाला, ऋतुपूर्व विकसित होनेवाला, समयसे पहले खिलनेवाला या फलनेवाला।

rather adv. यथार्थतः, यथावत्, वस्तुतः, वास्तवमें, दरअसल; प्रायः, विशेषतः; अधिकतर, अधिकांश; किसी प्रकार; बल्कि; भले ही; थोड़ा-थोड़ा, कुछ-कुछ, एक प्रकारसे, कुछ हदतक, (*I* ~ *think you know him*); यथेष्ट, यथेच्छ, यथाभिमत, अपेक्षाकृत, (जैसे, *would much* ~ *not go*); (बोल०) अवश्यमेव, निश्चय, निःसन्देह, बेशक; *the* ~ *that* विशेषतः इसीलिए, इसीलिए और भी कि।

rathe-ripe, rathripe aa. अकाल-प्रौढ़, ऋतुपूर्व पकनेवाला।

rathskeller ⊙ n. मद्यशाला, शराबघर, ठेका।

raticide n. मूषघ्न, मूषकघात, चूहामारक दवा।

ratification n. अनुसमर्थन, सम्पुष्टि, विशोधन, संस्तम्भन, स्थिरीकरण, अनुपोषण, पुष्टीकरण, दृढ़ीकरण।

ratified a. अनुसमर्थित, सम्पुष्ट, सम्पोषित, स्थिरीकृत।

ratifier n. अनुसमर्थक, सम्पोषक, विशोधक; संस्तम्भक, स्थिरीकर्ता, दृढ़ीकर्ता।

ratify v.t. अनुसमर्थन करना, अनुमोदित करना, प्रमाणित करना, न्याय्य ठहराना, उचित ठहराना; विशोधित करना, दोहराना, ठीक करना; संस्तम्भित करना, अनुपोषित करना, स्थिर करना, दृढ़ करना; निश्चित करना।

rating[1] n. कवलन, वेधन; वर्गक्रमः समादरण, सम्मान; मूल्यांकन, शुल्कनिरूपण, करनिर्धारण; निश्चित मूल्य, निर्धारित कर; (जहाजके रजिस्टरोंमें अंकित) श्रेणी, पद, दर्जा; अनाशम्र नाविक;(दौड़-प्रतियोगी विहार-नौकाओंकी) कोटि, श्रेणी; ~ scale निर्धारण-मान।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

rating[2] n. भर्त्सना, तिरस्कार, झिड़की, घुड़की, डाँट-फटकार, झाड़-झपट।

ratio n. (pl. -s) निष्पत्ति, अनुपात, प्रमाण; (दो वस्तुओंका) आनुपातिक सम्बन्ध, पारिमाणिक सम्बन्ध; मूल्यानुपात; भागफल;
~ arm, ~ chart, ~ scale.

ratiocinate v. i. तर्क करना, विचार करना, युक्ति-पूर्वक विचार करना, सन्याय विमर्श करना, बहस करना।

ratiocination n. विमर्श, वितर्क, विवाद, युक्तिवाद, यथावत् तर्क, बहस।

ratiocinative a. तर्कसम्मत, युक्तिपूर्ण, विचारपूर्ण; विवादग्रस्त।

ration n. अन्न, खाद्य, रसद, अनाज; समभक्त, सीधा; खाद्य-परिमाण, अन्नमात्रा, आहारांश, खूराक; समपात, खाद्य वस्तु, भोजनका सामान, निश्चित खाद्य-परिमाण, राशन;
~ allowances, ~ book, ~ card, ~ card-holder, ~ depot, ~ money, ~ office, ~ permit, ~ scale, ~ shops, ~ store.

rational[1] n. उपपत्ति, युक्तियोग।

rational[2] a. विज्ञ, ज्ञानी, सज्ञान, व्युत्पन्न, सचेतन, विवेकी, विचारशील, विचारवान्, तर्कशील, समझदार; युक्त, उपपन्न, युक्तिमूलक, युक्तिपूर्ण, न्यायानुरूप, न्याय्य, यथोचित, यथायोग्य; अकरणीगत, करणी-चिह्नके बिना व्यक्त करने योग्य; (गणित) परिमेय; ~ dress नेकर-बाकर; *has ~ leanings in religion* अन्ध-विश्वासी नहीं है;
~ coefficient, ~ doubt, ~ equation, ~ fraction, ~ function, ~ intent, ~ mechanics, ~ number, ~ therapeutics, ~ thinking.

rationale n. युक्तियुक्त विवरण, हेतुवाद-समन्वित विवरण; उपपत्ति, मूल कारण, तर्कका आधार।

rationalism n. हेतुवाद, कारणवाद, युक्तिवाद।

rationalist n. & a. हैतुक, हेतुवादी, युक्तिवादी।

rationalistic a. परिमेयात्मक; हेतुवादी; सहेतु, युक्ति-युक्त, युक्तिपूर्ण।

rationality n. तर्क, उपपत्ति, युक्तता, न्याय्यता, विच्छत्ति, चेतनत्व, चैतन्य, चेतना, अवबोध, तर्कशक्ति, ज्ञानशक्ति।

rationalization n. वैज्ञानिक व्यवस्था, औचित्य-स्थापन, युक्तियुक्तकरण; परिमेयीकरण; सहयोगात्मक वैज्ञानिक व्यवसाय संगठन; अभिनवीकरण, सुधार।

rationalize v.t. & i. तर्कान्वित करना, सिद्ध करना, प्रमाणित करना, युक्तियुक्त बनाना, बुद्धिगम्य बनाना; हेतुवादी बनना, तार्किक होना; (गणि०) करणीरहित करना; (किसी व्यवसायका) परिष्कार करना, सुधार करना।

rationalized a. वैज्ञानिकित, नवीकृत।

rationalizing a. तर्कानुकूली, परिमेयकारक;
~ factor (गणित) करणीहार खण्ड।

rationing n. समवितरण, समभाजन, नियन्त्रित वितरण; नियन्त्रण, राशनबन्दी;
~ commitments, ~ department, ~ enquiry order, R~ Inspector, ~ office, ~ order, ~ organization, ~ preparatory measures order, ~ statistics.

ratite a. अकूटिका (पक्षियोंकी शुतुरमुर्ग आदि जातिका)।

ratlin(e), -ling n. (प्रायः pl.) (पोतमें मस्तूलकी रस्सियोंपर) सीढ़ीकी तरह लगी हुई रस्सियाँ।

ratoon n. इक्षुप्ररोह, इक्ष्वंकुर, ईखका अँखुआ; मूलांकुर।

rattan[1] n. वंजुल, वेत्र, प्रवेत्र, वेंत; (गृह-निर्माणमें प्रयुक्त) ताड़, खजूर; ताड़ या खजूरके तनेका टुकड़ा।

rattan[2] n. डिंडिमनाद, पटह-प्रताड़न, भेरी बजना, ढोलक बजना, ढोल बजना।

rat-tat, ratatat, rat-tat-tat nn. खट्-खट्-खट्, खटखटाहट।

ratteen n. ऊर्णवस्त्र-विशेष, एक ऊनी कपड़ा, रट्टीन।

ratten v.t. (किसी कारीगर या मालिकके कल-पुर्जे इत्यादि तोड़-फोड़कर) क्षति पहुँचाना, सताना, तंग करना; बायकाट करना।

ratter n. मूषमार, चूहेका शिकार करनेवाला।

rattinet n. = RATTEEN.

ratting n. मूषमारण, मूषक-विनाशन, चूहोंका मारना।

rattish a. मूषाभ, मूषवत्, मूषक-सदृश, चूहों-जैसा।

rattle[1] n. (बच्चोंका खिलौना), झुनझुना; (अमरीकामें) रैटल नामक सर्पके पूँछकी घरेरियाँ; (पकनेपर छीमी खड़खड़ानेवाले) पौधोंकी जातियाँ; खटखट, खड़खड़ाहट, खनखनाहट, भड़भड़ाहट, झनझनाहट; प्रलाप, बकवास, डेंटें, टर्र-टर्र, गुल-गपाड़ा, शोर-गुल; घरर-घरर *(death-~)*; ~-brain, ~-head ~-pate मूढ़, निर्बुद्धि ⊙, बुद्धिहीन, बुद्धू, बददिमाग, कूढ़मग्ज; ~brained, ~headed, ~pated मूढ़, निर्बुद्धि; ~snake एक अमरीकी साँप; ~trap रद्दी छकड़ा।

rattle[2] v. i. & t. खनखनाना, खड़खड़ाना, तड़तड़ाना, झनझनाना, भड़भड़ाना; प्रलाप करना, बकते जाना, बड़बड़ाना, बेसिरपैरकी बातें करना; (प्रायः *on, away, along* के साथ) खड़खड़ाते हुए चलना, बेतहाशा भागना, भड़भड़ाते हुए धड़ामसे गिरना, सरपट दौड़ना, तेज सवारी करना; तेजीसे पाठ करना, जल्दी-जल्दी कहना; उत्तेजित करना, उकसाना, सुस्ती दूर करना; घबड़वाना, डराना; तेज चलाना।

rattled ⊙ a. (शराब पिलाकर) उन्मत्त बनाया गया।

rattler n. खड़खड़ानेवाला, झनझनानेवाला, भड़भड़ाने-वाला; छकड़ा; खनखनाता हुआ चलनेवाला एक अमरीकी नाग (दे० RATTLE के अन्तर्गत rattle-snake ⊙)।

rattling[1] n. क्वणन, खनखनाना, खड़खड़ाना; खट-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

खटाहट, खड़खड़ाहट; प्रजल्पन ।

rattling a. पुष्ट, प्रबल, प्रचण्ड, तीव्र, तेज, फुर्त, (जैसे, *a ~ wind*); (*good* इत्यादिके पूर्व) सातिशय, विशेषरूपसे, बहुत ही, (जैसे, *had a ~ good run, dinner*) ।

ratty a. चूहे-सा; क्रोधी, चिड़चिड़ा, तुनुकमिजाज, बदमिज़ाज ।

raucity n. कर्कशता, कर्णकटुता, कठोरता, भारीपन, भर्राहट, फटापन, बैठापन (विशे० आवाजका) ।

raucous a. कर्कश, कर्णकटु, कठोर, खरखरा, भारी, भर्राई, फटी, बैठी (आवाज) ।

raughty a. दे० RORTY.

ravage n. ध्वंस, विध्वंस, उद्ध्वंस, नाश; विप्लव, उपद्रव, लूट-खसोट, तबाही; (विशे० pl.) विध्वंस-परिणाम, उपद्रव-फल; क्षति ।

ravager n. ध्वंसक व्यक्ति, विध्वंसक व्यक्ति, उद्ध्वंसक व्यक्ति, उच्छेदक, नाशक व्यक्ति; विप्लवी, उपद्रवी, लूट-खसोट करनेवाला, तबाही लानेवाला ।

rave[1] n. (छकड़ेकी) पटरी, गड़ारी; (pl.) (गाड़ीकी समाई बढ़ानेके लिए) किनारोंपर लगा कठघरा, जँगला ।

rave[2] n. (पवन, सागर इत्यादिका) घोर रव, प्रचण्ड गर्जन ।

rave[3] v. i. & t. ध्वस्त करना, विध्वंस करना, उद्ध्वंस करना, उजाड़ना, तबाह कर देना; प्रलाप करना, प्रचण्डतासे बोलना, आवेशमें बोलना; (सागर या पवन आदिका) गरजना, प्रचण्ड शब्द करना; मुक्तकण्ठसे प्रशंसा करना, प्रशंसाके पुल बाँधना; (*about* या *of* के साथ) मुग्ध होना; पागलकी तरह बकते जाना (जैसे, *~ one's grief*) ।

ravel[1] n. जटिलता, उलझन, गुत्थी, गाँठ, फँसाव ।

ravel[2] v.t. & i. जटिल होना, क्लिष्ट होना, पेचीदा बनाना, उलझना, उलझाना, लिपटना, लिपटाना, फँसना, फँसाना, घपला करना; सुलझाना, उधेड़ना, उधड़ना, गुत्थी दूर होना ।

ravelin n. दुर्ग-प्राकार, दुर्ग-बहिर्वेष्टन (दुर्गके बाहरकी मुख्य परिखा या खाईंके बाहरका दोरुखा मोर्चा) ।

ravelling a. उलझन, गुत्थी, गाँठ, फँसान, पेचीदगी; विश्लेषण, सुलझाना, उधेड़ना; सुलझा हुआ डोरा ।

ravelment n. जटिलता, क्लिष्टता, पेचीदापन, उलझन, लिपटन, घपलेबाजी ।

raven[1] n. काकोल, द्रोणकाक, काला कौआ, पहाड़ी कौआ ।

raven[2] v.t. & i. डाका डालना, लूटना, लूटपाटका दाँव लगाना, शिकारकी तलाश करना; भुक्खड़की तरह खाना, भकोसना, निगलना; मरभुखा होना, पेटू होना, लालच करना ।

raven[3] a. मेचक, काला स्याह, आबनूसी; *~ locks* काले बाल ।

ravener n. तस्कर, चौर, चोर, डाकू, लुटेरा; घस्मर, बहुभुक्, बहुभोजी, अतिभोजी, भुक्खड़, मरभुख ।

ravening n. तस्करता, चोरी, डाका, लूट ।

ravenous a. लुटेरा; लोलुप, लोभी, लालची; क्षुधातुर, घस्मर, क्षुधार्त, बुभुक्षित, बहुभोजी, भुक्खड़, पेटू, भूखा ।

ravenousness n. क्षुधार्तता, बुभुक्षा, लोलुपता ।

raver n कोपी, क्रोधी, रोषी, गुस्सेबाज ।

ravin n. (का०) डाका, लूट-पाट, लूटखसोट; beast of *~*: हिंसक पशु, शिकारी जानवर ।

ravine n. कन्दरा, खोह, खड्ड, गहरी पतली घाटी, (*~ land*) ।

ravined a. कन्दरामय, खोह-खड्डवाला, घाटी या दर्रेवाला ।

raving n. (प्रायः pl.) गर्जन, प्रलाप, बड़बड़ ।

ravioli n. मांसका समोसा, पैटी ।

ravish v.t. अपहरण करना, हर ले जाना, छीन ले जाना; (मृत्यु, परिस्थितियों आदिके लिए) जीवन या दृष्टिसे परे ले जाना; आधर्षण करना, बलाद्भोग करना, बलात्कार करना, सतीत्व नष्ट करना; आनन्दविभोर करना, मस्त करना; मुग्ध करना, मोहित करना ।

ravished a. धर्षित, बलाद्भुक्त, बलात्कृत ।

ravisher n. आधर्षक, बलाद्भोक्ता, बलात्कार करनेवाला; अपहर्ता, अपहरण करनेवाला ।

ravishing a. आधर्षणकारी, अपहरणकारी; चित्ताकर्षी ।

ravishment n. आधर्षण, बलाद्भोग, बलात्कार; अपहरण ।

raw[1] n. (मनुष्यों तथा घोड़ोंके चमड़ेका) कच्चा घाव, मर्मस्थल, दुखती जगह ।

raw[2] v.t. खरोंचना, मलना, दलना, खरहरा करना, खराश डालना; मलकर ताजा कर देना, रगड़कर साफ कर देना ।

raw[3] a. अप्रौढ़, अपरिष्कृत, अपरिपक्व, असम्पूर्ण, अकृत, अनिर्मित, अधूरा, कच्चा (जैसे, *the finished product of one industry is the ~ material of others*); असंस्कृत, अनलंकृत, फूहड़, अनगढ़; असिद्ध, अकुशल, अनभ्यस्त, अनुभवहीन, नौसिखुआ; त्वग्विदारित, चमड़ा उधेड़ा हुआ; संवेदनशील, व्यथामय, कष्टपूर्ण, कष्ट देनेवाला; (वायुमण्डल या दिन आदिके लिए) शीत, शीतल, नम, तर, ठण्डा; (शैली आदि) भयानक, विकराल, डरावना; *~*-boned कृश, क्षीण, दुर्बल, हड्डियोंका ढाँचा; *~* hide अपरिष्कृत चर्म, बेकमाया चमड़ा, कच्चा चमड़ा; *~* material उपादान, मौलिक द्रव्य, कच्चा माल; *touch* one *on the ~* मर्माघात करना, मार्मिक क्लेश पहुँचाना;

~ beef juice, *~*-coloured, *~* cotton, *~* cotton trade, *~* drug, *~*-edged, *~*-faced, *~* fruit, *~* grain, *~*-handed, *~* head, *~*-headed, *~* humus, *~*-looking, *~*-mouthed, *~*-nosed, *~* nourishment, *~* opium, *~* produce, *~* product, *~* recruit, *~*-ribbed, *~* rice, *~* sewage, *~* sienna, *~* silk, *~* spirit, *~*-striped, *~* tobacco, *~* umber,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ vegetable, ~ vermiculite, ~ water, ~ wool.

rawish a. कच्चा-सा, अधकचरा।

rawness n. अप्रौढ़ता, अपरिष्कृति, अपरिपाक, अपरिपक्वता, कच्चापन; असम्पूर्णता, अकृतता, अनिर्मितता, अधूरापन, फूहड़पन।

ray[1]* n. मयूख, मरीचि, अंशु, कर, किरण*, रश्मि; (विशे०, जिसपर ज्योति प्रक्षिप्त की जाती है वह) प्रकाश-रेखा; प्रसारणरेखा; प्रकाश, रोशनी; (ला०), आनन्द-वर्धक प्रभावका अवशेष, आश, सुमन्देश; व्यासार्ध; विकिरणशील रेखाओंमेंसे कोई; (वन०) जुटे फूलका बहिर्भाग; ~-therapy = RADIOTHERAPY;

~ canal, ~ field, ~ floret, ~ fungus, ~ shake.

ray[2] v. i. & t. (ज्योति, विचार, आशा आदिके लिए) विकीर्ण होना, किरणोंका समान फैलना, फैलाना, प्रकट होना, झलकना, चमकना, चमकाना, दिखाई पड़ना।

ray[3] n. शार्क-सदृश बड़ी मछलियोंकी जातियाँ (विशे०, स्केट)।

Rayah n. तुर्कीकी गैरमुस्लिम प्रजा या रियाया।

rayed a. किरणित, तेजोमय, ज्वलन्त, प्रकाशित, चमकीला, उजला।

rayless a. किरणविहीन, अन्धकारमय, अँधेरा।

raylet n. सूक्ष्म रश्मि, छोटी किरण।

rayon n. कौशेयक, कृत्रिम कौशेय, कृत्रिम रेशम, रेयान।

raze, rase vv. t. (क्व०) हल्की चोट देना; घिसकर साफ कर देना, खुरचना, छीलना, रगड़ना; उन्मूलित करना, उच्छिन्न करना, काटना; (नगर, गृह, दीवाल आदि) भूमिसात् करना, मटियामेट कर देना, ढहाना, गिराना।

razee n. एक जहाज।

razor[1] n. क्षुर, छुरा, उस्तुरा; ~-bill छुरेकी तरह तेज चोंच; ~-billed छुरे-सी चोंचवाला; ~-edge तेज धार; जबरदस्त ढाल; शोचनीय परिस्थिति, खतरनाक हालत; सूक्ष्म-विभेद; ~-strop (छुरा तेज करनेका चमोटा), उस्तुराकश; *be on a ~-edge* संकटमे पड़ना; (गुण०) तीक्ष्ण, पैना, पैनी धारवाला, तेज;

~ blade, ~-bladed, ~-bowed, ~ cam, ~-edged, ~-fish, ~-grinder, ~ keen, ~-leaved, ~ maker, ~ making, ~-shaped, ~ sharp, ~-tongued, ~-witted.

razor[2] v.t. (क्व०) बाल बनाना, मूँड़ना; छुरा फेरना, उस्तुरा चलाना; काटकर साफ कर देना।

razz n. (अस्वीकृति-सूचक शब्द) शि शि, हश्-हश्।

razzia n. (विशे० द० अफ्रीकाके मुसलमानों द्वारा, गुलाम एकत्रित करनेके लिए) अभियान, आक्रमण, हमला, लूट, छापा।

razzle (-dazzle) n. (बोल०) उत्सव, प्रेमक्रीड़ा, खेल-तमाशा, नाचरंग; धूमधाम, हलचल, चहल-पहल, दौड़-धूप।

R-boat n. जर्मनीकी तेज मोटर, माइन स्वीपर।

re[1] n. (सरगमका दूसरा सुर), रे।

re[2] (*prep.* जैसा) विषयमें, बारेमें, बाबत।

re-absorption n. = RESORPTION.

reaccustom v.t. पुनः अभ्यस्त करना या होना, फिरसे आदी बनाना या होना।

reach[1] n. विषय, प्रसार, पहुँच; प्रभाव-क्षेत्र, हाथ इत्यादिकी रसाई; परिधि, आयतन, फैलाव, घेरा, दायरा (जैसे, *has a wide ~*); (नौवि०) पालके रस्सेकी लम्बाई; (नदीका) पाट।

reach[2] v.t. & i. व्याप्त होना, विस्तृत होना, व्यापक होना, बढ़ना, बढ़ाना, फैलना, फैलाना; आगे बढ़नेका प्रयत्न करना, आगे बढ़नेके लिए हाथ-पैर मारना; हस्तगत करना, प्राप्त करना, पहुँचना, पाना, हाथ आना (जैसे, *he ~ed his goal*): अधिकृत करना, वशमें लाना, जीतना, काबूमें लाना, पकड़ना, लेना; ~-me-down (बोल०; वस्त्र या पोशाक) पूर्वनिर्मित, तैयार, रेडीमेड।

reachable a. प्राप्तव्य, गन्तव्य, पाने योग्य, पहुँचके भीतर।

reacher n. प्रसारी, पहुँचनेवाला, फैलनेवाला।

react v. i. प्रतिकार करना, प्रतिक्रिया करना; प्रत्याघात करना; प्रत्याक्रमण करना, जवाबी हमला करना; पूर्वरूप होना, परिवर्तित होना, बदल जाना; प्रभावित होना, असर पड़ना (प्रायः *upon* के साथ); घृणासे प्रेरित होना; उल्टी ओर मुड़ पड़ना, पीछेकी ओर झुक जाना; (रसा०) सक्रिय करना या होना, गति प्रकट करना, प्रत्यक्ष करना, प्रभावित करना (जैसे, *nitrous oxide ~s upon the metal*)।

reactance n. प्रबाधा, प्रतिकार्यता, प्रतिकर्म।

reactant n. प्रतिकारक, प्रतिकारी; प्रतिघाती, प्रत्याक्रामक, जवाबी हमलेवर।

reacting a. प्रबाधी, प्रतिकारी, प्रतिक्रियात्मक।

reaction* n. प्रतिकर्म, प्रतिक्रिया*; (रसा०) एक पदार्थ द्वारा दूसरेमें उत्पादित) उलटा सक्रियता, उलटी गति या क्रिया; (अंग या अवयव आदिका) सवेदना; (उद्दीपन आदिके प्रति अंग आदिकी बाह्य जगत्के साथ) सहानुभूतिकी भावना; पुनरावर्तन, पूर्वतन स्थिति-में वापस आ जाना; घात-प्रतिघात; प्रत्याक्रमण, जवाबी हमला; पूर्वाभिमुखी प्रवृत्ति, पीछे जानेवाली प्रकृति, प्राचीनताकी अभिरुचि, पुरानी बातोंकी ओर झुकाव;

~ coil, ~ order, ~ pattern, ~ rim, ~ time, ~ time experiment, ~ turbine.

reactional a. प्रबाधात्मक, प्रतिक्रियात्मक (~ *phase*)।

reactionary a. & n. प्रतिक्रियावादी, प्रतिक्रियाजनक, प्रतिक्रियाशील, प्रतिक्रियात्मक, प्रतिगामी, उन्नति-प्रतिरोधक।

reactionist n. प्रतिक्रियावादी; प्रतिरोधक।

reactivate v.t. सक्रिय करना, पुनःक्रियाशील बनाना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

reactivation n. पुनःसक्रियता, पुनःक्रियाशीलता।

reactive a. प्रबाधी, प्रतिक्रियाशील, प्रत्याघाती।

reactivity n. प्रबाधा, प्रतिघात, प्रत्याघात, प्रतिक्रिया, प्रतिकर्म, जवाब।

reactor n. प्रबाधक, प्रतिकर्ता, प्रतिकर्मी, प्रतिकारी।

read[1] n. पाठ्यकाल, पढ़ाईका समय (जैसे, *have a short, long, good, quiet,* ~)।

read[2] v.t. & i. बाँचना, पढ़ना (जैसे, *he ~s a letter*); अनुशीलन करना, परिशीलन करना, अध्ययन करना, स्वाध्याय करना; भेद बताना; अनुमान करना, अर्थ लगाना (जैसे, ~ *dreams*); भविष्य बताना, शकुन बताना; समझना, बूझना, ताड़ लेना; मनमें दुहराना, घोखना; (शब्दोंका) उच्चारण करना; (किसी वस्तुको) फटा हुआ, छपा हुआ इत्यादि पाना; भाव खोल सकना, मतलब लगा सकना, (जैसे, *can ~ shorthand, music*); अर्थ निकालना, समझना, मतलब करना (जैसे, *may be ~ several ways*); (लेखकके शब्दोंका) भेद जानना, रहस्य पाना; (सम्पादकके लिए, लेखक द्वारा) पाठ-भेद स्थिर करना, वैकल्पिक शब्द देना; (पाठ करके) लाना (~ *me to sleep*); (मापक यन्त्रोंका) अंक बताना (जैसे, *thermometer ~s 33°*); श्रुति-मधुर होना; (पढ़कर) श्रोतापर प्रभाव डालना; ~ *between the lines* गुप्त अर्थ खोज निकालना, गूढ़ार्थ ढूँढ़ना या पाना; ~ one*self in* (खुलेआम निर्धारित शपथ पढ़कर) पद ग्रहण करना, कार्यालयमें प्रवेश करना।

readability, readableness nn. सुपाठ्यता, सौपाठ्य, सुवाच्यता, पाठ-सौकर्य, पाठ-सुकरता, पाठ्यता, पठनीयता।

readable a. सुपाठ्य, सुवाच्य, पाठ-सुकर, पाठ्य, पठनीय।

readdress v.t. (पत्र इत्यादिको) अनुप्रेषित करना, परिप्रेषित करना, (आये हुए पत्रको) पता बदलकर अन्यत्र भेजना, रिडायरेक्ट करना।

reader n. उपस्थापक, प्रस्तुतकार, पेशकार; पाठक, वाचक, अध्येता, पढ़नेवाला, अर्थ लगानेवाला, समझनेवाला, ताड़नेवाला; प्रूफ-संशोधक; (देवमन्दिर या गिरजेका) स्तोता, स्तुति-पाठक; (विश्वविद्यालयोंमें) प्रवाचक, प्राध्यापक, शिक्षक, रीडर (~ *in History*); पाठ्य-पुस्तक।

readership n. प्रवाचकत्व, प्राध्यापकत्व, उपस्थापकत्व।

readily adv. झटिति, अविलम्ब, सत्वर, तुरन्त, तत्काल; निःसंकोच, बेखटके, बेहिचक; सानन्द, प्रसन्नतापूर्वक; निर्बाध, निर्विघ्न, सरलतापूर्वक, सरलतासे।

readiness n. उद्यतता, सत्वरता, अविलम्बता, जल्दी; सुविधा, सुगमता, सरलता; प्रत्युत्पन्नता, सूझ-बूझ; आसज्जा, तैयारी।

reading* १. n. वाचन, पढ़ना; पठन, पढ़ाई*, पढ़त; स्वाध्याय, अध्ययन, अनुशीलन, परिशीलन; ज्ञान, शास्त्र-बोध; (पाण्डुलिपिमें प्राप्त) पाठ (जैसे, *various* ~*s*); (पाठ्य-वस्तुका) निश्चित गुण (जैसे, *is good, dull,* ~); (मापक यन्त्रोंका) अंक (जैसे, *40° difference between day & night* ~*s*); व्याख्या (*what is your* ~ *of the situation*); अनुमान; २. a. पढ़नेका; ~-desk (पढ़नेकी) चौकी या डेस्क; ~-room वाचनालय;

~ book, ~ chart, ~-game, ~ glass, ~ lamp, ~ lens, ~ level, ~ microscope, ~ rate, ~ stage, ~ telescope.

readjourn v.t. पुनःस्थगित करना, फिरसे स्थगित करना।

readjust v.t. पुनः समायोजन करना, पुनः समंजन करना, पुनः समीकरण करना, पुनर्व्यवस्थित करना, फिरसे मेल बिठाना या ठीक कर देना।

readjusted a. पुनः समायोजित, पुनर्व्यवस्थित।

readjustment n. पुनः समायोजन, पुनः समंजन, पुनः समीकरण, पुनर्व्यवस्थापन।

readmission n. पुनः प्रवेश, पुनः नाम-प्रवेश, फिरसे नाम लिखा जाना, दुबारा भरती।

readmit v.t. पुनः प्रवेश करना, पुनः नाम-प्रवेश करना, फिरसे नाम लिखना, दुबारा भरती करना।

readmittance n. = READMISSION.

ready[1] n. लक्ष्यवेधकी पूर्वस्थिति, निशाना मारनेके पहलेकी हालत; रायफल रखनेका ढंग या पैतरा (जैसे, *come to the* ~)।

ready[2] v.t. (बोल०, घुड़दौड़में) चालाकीसे हरा देना।

ready[3]* a. सज्ज, सज्जित, प्रस्तुत, उत्सुक, उद्यत, समुद्यत, उन्मुख, सन्नद्ध, तत्पर, तैयार*, बना-ठना; सुव्यवस्थित, ठीक; स्वस्थ; कृत-संकल्प, दृढ़निश्चय; सन्निहित, निकटस्थ; प्रत्युत्पन्न, सिद्ध; सूक्ष्म, तीक्ष्ण, दक्ष, कुशाग्र, पटु, निपुण, कुशल; सहज, सुगम, सरल; शक्य, साध्य, प्राप्य, अनुकूल; निःसंकोच, बेखटका, बेहिचक; कालोचित; हस्तगत; अनायास, सुखसाध्य; द्रुत, शीघ्र, तुरत, सत्वर, अविलम्ब, झट; प्रागुपस्थित, प्राक्कृत, पूर्वकृत; ~-made clothes पूर्वनिष्पन्न वस्त्र, सिले-सिलाये कपड़े; ~-made shop सिले-सिलाये कपड़ोंकी दूकान; ~ money (बोल०) सद्योरोक, रोक, नकद दाम; ~ reckoner सुलभ गणक, तत्काल गणक (आँकड़ेकी पुस्तक जिसमें साधारण हिसाब-किताब लगाये रहते हैं); ~-witted प्रत्युत्पन्नमति, कुशाग्रबुद्धि, हाजिरजवाब;

~-built, ~ cash, ~-coined, ~-cooked, ~-dressed, ~-furnished, ~-grown, ~-handed, ~-made, ~-made business, ~-made garments, ~-made goods, ~ price, ~ purchase, ~ reference, ~ sale, ~-typed, ~-worded, ~-written.

reaffirm v.t. पुनः पुष्ट करना, पुनः दृढ़ करना, फिरसे पक्का करना।

reaffirmation n. पुनः पुष्टीकरण, पुनर्दृढ़ीकरण।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

reafforest v.t. पुनर्वनरोपण करना, पुनः वन आरोपित करना, फिरसे जंगल लगाना।

reafforestation n. पुनर्वनरोपण, पुनर्वनारोपण।

reagency n. प्रत्याघात-क्षमता, प्रतिकार-योग्यता, प्रतिकारशीलता।

reagent n. (रसा०) प्रतिकर्मक, प्रतिकर्ता, प्रतिकारक, प्रतिक्रियाशील द्रव्य या शक्ति।

real[1] n. (स्पेन एवं स्पैनिश-भाषी देशोंमें) पुराना चाँदीका सिक्का, रील।

real[2]* a. अवितथ, तथ्यपूर्ण, यथार्थ, याथार्थिक, वास्तव, वास्तविक, सत्य, तात्त्विक, असली*, सच्चा* (~ *value*); अन्वर्थ, अकृत्रिम, अकल्पित, प्राकृतिक, नैसर्गिक, स्वाभाविक, सहज; (विधि०) स्थावर, अचला (~ *estate*); ~ life (औपन्यासिक जीवन इत्यादिके विरुद्ध) यथार्थ जीवन; the ~ (आदर्शके विपरीत) यथार्थ।

real[3]⊙ adv. = REALLY.

realign v.t. पुनर्व्यवस्थित करना, पुनः क्रमबद्ध करना, फिरसे पंक्तिबद्ध करना।

realism n. यथार्थवाद, वास्तववाद, व्यावहारिक विचार, व्यावहारिक रीति-नीति; चित्रणकी यथार्थता, प्राकृतिक प्रतिबिम्बन, यथार्थ विवरणपर बल।

realist n. & a. यथार्थवादी, वास्तववादी।

realistic a. याथार्थिक (~ *method*); यथार्थवादी, वास्तववादी, जगत्‌को सत्य माननेवाला।

reality n. यथार्थता, याथार्थ्य, वास्तविकता, तात्त्विकता, मूलरूपता (जैसे, *reproduced with startling* ~); तथ्य, सत्य, सत्यता, वस्तुस्थिति, मूलरूप, प्रकृत-स्वरूप, सच्चाई, असलियत, हकीकत; *in* ~ यथार्थतः, तत्त्वतः, सचमुच।

realizability n. प्राप्यता, रोककरणीयता।

realizable a. प्राप्य, प्राप्तव्य; रोककरणीय, काबिल वसूली; अनुगम्य; कार्यान्वित होने योग्य, परिणत होने योग्य; विक्रेय।

realization n. प्राप्ति, ग्रहण, आदान; रोककरण, संग्रह, उगाहना, वसूली; सिद्धि, निष्पत्ति, पूरण, सम्पादन, साधन; प्रत्यक्षीकरण; आत्मज्ञान, आत्मदर्शन।

realize v.t. (किसी आशा या उपाय इत्यादिको) साधना, सिद्ध करना, चरितार्थ करना, पूर्ण करना, पूरा करना, कर दिखाना; प्रत्यक्ष करना, स्पष्ट करना, स्वरूप देना, साकार कर देना, चित्रित करना, खड़ा कर देना (*these details help to* ~ *the scene*); अनुभव करना, समझ लेना; सटीक अनुमान लगाना, ठीक अन्दाज लगाना; यथार्थ रूपमें देखना, हूबहू नकशा खींच देना; (निधि, सम्पत्ति इत्यादि) बेच या बदलकर नगदी बनाना; (धनराशि, नियत लाभ इत्यादि) संग्रह करना, बटोरना, उगाहना, वसूल करना; मूल्य लगाना, दाममें उठाना, बेचना।

realized a. प्राप्त; रोककृत; सिद्ध, प्रत्यक्षीकृत।

realliance n. पुनर्मैत्री, पुनः-सहयोग, पुनः सन्धि।

really adv. यथार्थतः, वस्तुतः, निश्चयतः, वास्तवमें, सचमुच, दरअसल; मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ, ~? क्या आपका यही अभिप्राय है? यही बात है क्या?

realm n. राष्ट्र, राज्य, देश; प्रान्त, प्रदेश, मण्डल, परिमण्डल; विषय (जैसे, *in the entire* ~ *of literature*)।

realness n. अवितथता, तथ्यपूर्णता, यथार्थता, याथार्थिकता, वास्तवता, वास्तविकता, सत्यता; तात्त्विकता, असलीपन, सच्चापन; अन्वर्थता, अकृत्रिमता, अकल्पितता, प्राकृतिकता, नैसर्गिकता, स्वाभाविकता, सहजता।

real-politik n. वास्तविक राजनीति, यथार्थ राजनीति।

realtor n. सम्पत्ति-अभिकर्ता, जायदादका एजेण्ट।

realty n. स्थावर सम्पत्ति, अचल सम्पत्ति।

ream[1] n. (कारतूसके कोष या खोल आदिका) पेंदा, सिरा, छोर; (नौवि०) सन्धि, जोड़।

ream[2] n. (बोल०, विशे० इंग्लैण्डके द०-पश्चिममें; कच्चे दूधकी) मलाई, बालाई, झाग।

ream[3] n. विंशी, रीम (कागजके २० दस्ते); कागजका ढेर, ढेरों कागज (*wrote ~s & ~s of verse*)।

ream[4] v.t. (बर्मा या टेकुएसे, धातुको छेदकर) चौड़ा करना, बड़ा बनाना; छेद करना।

reamer n. परिछिद्रक, बर्मा, टेकुआ।

reanimate v.t. अनुप्राणित करना, नया प्राण फूँकना, नयी जान डालना; पुनश्चेतन बनाना, पुनः सजीव कर देना, पुनर्जीवित कर देना, दुबारा जीवन देना।

reanimation n. अनुप्राणन, पुनः प्राण-संचार, पुनर्जीवन।

reap v. i. & t. शस्यच्छेदन करना, (फसल इत्यादि) काटना, लवना, मशीनसे काटकर संग्रह करना; (ला०) फसलकी तरह संग्रह करना, परिणाम पाना, फल भोगना; ~ *as one has sown* कियेका फल पाना, जैसी करनी तैसी भरनी, बोया पेड़ बबूलका आम कहाँ ते खाय; ~ *the fruits of* फल भोगना; *sow wind and* ~ *whirlwind* जैसा कर्म वैसा फल।

reaper n. अभिलवक, शस्यसंग्रही, काटनेवाला, लवनेवाला, कटैया।

reaping[1] n. अभिलवन, छेदन, कर्तन, कटाई।

reaping[2] a. छेदक, कर्तक, काटनेवाला; ~-hook हँसिया; ~-machine कटाईकी मशीन, (बिना मजदूरके गाँठें बाँध देनेवाला और) फसल काटनेका यन्त्र।

reapparel v.t. पुनः सज्जित करना, फिरसे कपड़े पहनना या पहनाना।

reappear v. i. पुनः प्रकट होना, फिरसे उपस्थित होना, दुबारा हाजिर होना।

reappearance n. पुनरुपस्थिति, पुनःप्रकाशन, पुनरागमन, पुनर्दर्शन।

reappoint v.t. पुनर्नियुक्त करना, पुनर्नियोजित करना, फिरसे नियुक्त करना, फिरसे (किसी कार्यपर) लगाना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

reappointment n. पुनर्नियुक्ति, पुनर्नियोजन, दुबारा पद या स्थान मिलना, फिरसे लगना।

reappropriation n. पुनर्विनियोग, पुनर्विनियोजन।

rear[1] n. (सैन्य इत्यादिका) पश्च भाग, पृष्ठ भाग, सबसे पिछला हिस्सा, पिछवाड़ा, पिछाड़ी; (स्थान, शिविर, व्यक्ति आदिका) पृष्ठ देश; (बोल०) शौचगृह, पाखाना, नाबदान; *take enemy in the* ~ शत्रुपर पीछेसे आक्रमण करना।

rear[2] v.t. & i. ऊर्ध्वीकृत करना, ऊपर उठाना, सीधा खड़ा करना (जैसे, प्रायः भाषण इत्यादिमें), ~ *a pillar, cathedral*); उत्पन्न करना या होना, उद्भूत होना, उगाना, पैदा करना या होना; पोषण करना, पालना, पोसना; पढ़ाना, सिखाना; संस्कार करना, सुधारना; वपन करना, बोना, बढ़ाना; (घोड़े इत्यादिका) पिछले पैरोंपर खड़ा होना, अलफ हो जाना।

rear[3] a. पश्च, पृष्ठ-, पिछला, पीछेका; ~guard पृष्ठानीक, अनुबल, पृष्ठारक्षी; ~most पश्चतम, पृष्ठतम, सबसे पिछला, अन्तिम; ~-rank (पैरेडमें) दूसरी पंक्ति।

rearer n. पोषक, पालक; अलफ हो जानेवाला घोड़ा।

rearing n. उत्थापन; भरण, पोषण, संवर्धन, पालन।

rearm v. i. & t. पुनः शस्त्रीकृत करना, (सैन्यको) शस्त्रास्त्रोंसे पुनः सुसज्जित करना।

rearmament n. पुनः शस्त्रीकरण, पुनरस्त्रीकरण।

rearrange v.t. पुनर्विन्यास करना, फिरसे व्यवस्थित करना, फिरसे ठीक-ठाक लगाना।

rearranged a. पुनर्विन्यस्त, पुनर्व्यवस्थापित, क्रमबद्ध।

rearrangement n. पुनर्विन्यास, पुनारचना, पुनर्व्यवस्था, पुनर्व्यवस्थापन।

rearward १. a. पश्च, पृष्ठ, पिछला; २. adv. (-*s*) पश्चाभिमुख, पृष्ठाभिमुख, पीछेकी ओर।

reason[1]* n. मीमांसा, हेतु, तर्क, युक्ति, दलील; प्रयोजन, अभिप्राय, आशय, कारण*, जगह; युक्तियुक्तता, युक्तता, न्याय्यता; प्राज्ञान, चिदाकार, ज्ञान-स्वरूप, बोधरूप; विमर्श, विवेक, शुद्ध बुद्धि; चैतन्य, चेतनता (*has lost his, is restored to,* ~); संयम; समझ-बूझ; प्रज्ञाशक्ति, विचारणाशक्ति, चिन्तनशक्ति; ~ of State राजकार्य, राजनीतिक समाधान।

reason[2] v. i. & t. (सम्बद्ध विचार द्वारा) निष्कर्ष निकालना, परिणाम निकालना; तर्क करना, विचारपूर्वक सिद्धान्त लाना; परीक्षा करना, विचार करना; तर्करूपेण प्रकट करना, प्रतिवादरूपमें व्यक्त करना; वादविवाद करना, बहस करना; (फल, परिणाम इत्यादि) अनुमान कर लेना, सोच लेना, समझ लेना; मनाना, समझाना-बुझाना, कायल करना, दलील करके समझा लेना (*tried to ~ him out of his fears*)।

reasonable a. युक्त, युक्तियुक्त, युक्तिसंगत, विचार-पूर्ण, विवेकयुक्त, बुद्धिसम्मत, न्याय्य, न्यायसंगत, तर्कानुमोदित, युक्तिसिद्ध, मीमांसानुकूल, उचित, समुचित, यथोचित, ठीक; अनुत्पीड़क; मितव्ययी; आशानुरूप; मर्यादापूर्ण;
~ assistance, ~ care, ~ cause, ~ certainty, ~ charges, ~ conduct, ~ efforts, ~ facilities, ~ interference, ~ measures, ~ mind, ~ precaution, ~ proof, ~ sum, ~ terms, ~ use.

reasonableness n. युक्ति, युक्तियुक्तता, संगतता, विवेकयुक्तता, बुद्धिसम्मतता, न्याय्यता, उपपत्ति, औचित्य, अनतिक्रम; परमितता; आशानुरूपता; कामचलाऊपन।

reasoner n. नैयायिक, हैतुक, हेतुवादी, तार्किक, विचारक।

reasoning n. हेतुवाद, तर्क, युक्ति, ऊहापोह, विचार, दलील, बहस; तर्क करना।

reasonless a. अयौक्तिक, तर्कहीन, अहैतुक, निष्कारण, अकारण, असार, युक्तिरहित, विचार-शून्य, बुद्धिहीन।

reassemble v. i. & t. पुनस्समवेत करना या पुनः एकत्र करना या होना, दुबारा इकट्ठा करना या होना।

reassess v.t. पुनराकलन करना, पुनर्निश्चित करना, दुबारा निश्चित करना, दुबारा जाँचना या कूतना।

reassessment n. पुनराकलन, पुनर्निश्चयन, पुनर्निर्धारण, पुनर्निश्चय।

reassurance n. पुनः प्रतिपत्ति, पुनः आश्वासन।

reassure v.t. पुनः आश्वस्त करना, पुनः विश्वास दिलाना, आशंकाएँ दूर करना, फिरसे विश्वास दिलाना।

reassuring a. विश्वासवर्द्धक, पुनराश्वासनप्रद, पुनर्विश्वासप्रद।

reasty a. कटु, दुर्वास, तीव्रगन्धि, दुर्गगन्धी, पूतिगन्ध-युक्त, बदबूदार।

reata n. काष्ठ-रेखाएँ, लकड़ीपरकी लम्बी धारियाँ।

reave, reive v. i. & t. (प्रा०, का०; बलपूर्वक) हरण करना; छीन ले जाना, उचक ले जाना, उड़ा ले जाना।

reback v.t. प्रत्यर्पण करना, पुनः वापस करना।

rebarbative a. जुगुप्स्य, जुगुप्साई, घृण्य, घृणार्ह, घृणास्पद, घिनौना।

rebate[1] n. अवहार, अवहरण, कटौती, छूट, कमी, बट्टा, मिनहाई, मोजराई।

rebate[2] v.t. अवहरण करना, अपहरण करना, क्षीण करना, मन्द करना, कमी करना, छूट देना, घटाना; धार मारना, खोटा करना।

rebate[3] n. & v.t. = RABBET.

rebato n. रिबटो, एक प्रकारका कालर।

rebec(k) n. (तीन तारोंका मध्यकालीन वाद्य) बेला, सारंगी या चिकारेका पूर्वरूप।

rebel[1] n. & a. राजद्रोही, विद्रोही, बागी।

rebel[2] v. i. राजद्रोह करना, विद्रोह करना, बगावत करना; (किसी रीति इत्यादिसे) विराग रखना, द्वेष रखना।

rebellion n. सशस्त्र विद्रोह, राजद्रोह, प्रजा-क्षोभ, उल्लंघन, खुल्लमखुल्ला प्रभुताका विरोध, बगावत, गदर।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

rebellious a. राजद्रोही, विद्रोही, बागी (~ *mob*); (रोग, व्यसन आदि) दुःसाध्य; निरंकुश, अदम्य, दुर्दमनीय, अविनीत, अ-वश्य, अनाज्ञाकारी।

rebelliousness n. विद्रोहशीलता, निरंकुशता, द्रोह।

rebellow v. i. & t. (का०) घोर प्रतिध्वनि करना, जोरसे गूँजना।

rebind v.t. पुनः जिल्द बनाना, फिरसे बाँधना।

rebirth n. पुनर्जन्म।

rebite v.t. (तेजाब आदिसे) पुनः कर्तन करना, फिरसे काटना।

reboant a. (का०) प्रतिध्वनित, प्रतिशब्दरूप।

rebound[1] n. प्रतिक्षेप, प्रतिघात, प्रतिस्कन्दन, प्रत्यास्कन्दन, प्रतिध्वनि; उच्छलन, पलट पड़नेकी क्रिया; भावावेशकी प्रतिक्रिया।

rebound[2] v. i. प्रतिक्षिप्त होना, प्रतिहत होना, प्रतिस्कन्दित होना, प्रत्यास्कन्दित होना, प्रतिध्वनित होना; उत्पतन करना, पलट पड़ना, फिरना, उलट आना (*our evil example will ~ upon ourselves*); प्रतिघात करना।

rebounder n. प्रतिक्षेपक, प्रतिघातक, प्रतिस्कन्दक, प्रत्यास्कन्दक, प्रतिध्वनक।

rebroadcast १. n. पुनः प्रसारण; २. v. i. पुनः प्रसारित करना।

rebuff[1] n. प्रतिक्षेप, निग्रह, अवरोध, बाधा, प्रतिबन्ध, रुकावट, रोक; प्रतिघात, पराभव, पराजय, हार; झिड़की, घुड़की, धुतकार।

rebuff[2] v.t. प्रतिक्षिप्त करना, निगृहीत करना, अवरुद्ध करना, रोकना; प्रतिहत करना, पराभूत करना, पराजित करना, हराना; झिड़कना, घुड़कना, धुतकारना।

rebuild v.t. पुनर्निर्माण करना, फिरसे बनाना।

rebuilding n. पुनर्निर्माण।

rebukable a. उपालम्भ्य, उपालम्भनीय, निर्भर्त्स्य, निर्भर्त्सनीय, निन्द्य, निन्दनीय, फटकारने योग्य।

rebuke[1] n. उपालम्भ, निर्भर्त्सना, निन्दा, झिड़की, घुड़की, डाँट, फटकार, धुत्कार।

rebuke[2] v.t. उपालम्भ देना, निर्भर्त्सना करना, निन्दा करना, झिड़की देना, डाँटना, डपटना, फटकारना, धुत्कारना, धमकाना।

rebukeful a. सोपालम्भ, निर्भर्त्सनामय, निन्दापूर्ण।

rebuker n. उपालम्भक, निर्भर्त्सक, निन्दा करनेवाला, झिड़कनेवाला, डाँटनेवाला, फटकारनेवाला, धुत्कारनेवाला, धमकानेवाला।

rebus n. (चित्र द्वारा) शब्द-प्रकाश, शब्द आदिका गूढ़ वर्णन; कूट, चित्रलिपि, प्रहेलिका, पहेली, बुझौवल।

rebut v.t. विरोध करना, खण्डन करना, मिथ्या सिद्ध करना, काट करना; पीछे ढकेलना, पीछे हटाना, रोक देना।

rebutment, rebuttal nn. विरोध, खण्डन, काट (~ *evidence*); पीछे हटानेकी क्रिया।

rebuttable a. (कानून) खण्डनीय, खण्ड्य (जैसे, ~ *presumption*)।

rebuttal n. दे० REBUTMENT.

rebutted a. खण्डित, पराभूत, पराजित।

rebutter n. विरोधक, खण्डयिता; पराभूत करनेवाला, पराजित करनेवाला; खण्डन, खण्डनोत्तर, प्रत्युत्तर।

rebutting a. (कानून) खण्डनकारी, काटनेवाला (जैसे, ~ *evidence*)।

recalcitrance n. अविनय, हठधर्म, अनुशासनहीनता, उपेक्षा, अवज्ञा।

recalcitrant n. & a. अविनयी, हठधर्मी, अनुशासनहीन, उपेक्षक।

recalcitrate v. i. अविनयी होना, अनुशासनहीन होना, दुर्विनीत होना, अवज्ञा करना।

recalcitration n. अविनय, अनुशासनहीनता, दुर्विनय, दुराग्रह, दुर्दमनीयता, हठ, जिद्द।

recalesce v. i. पुनरुष्ण होना, फिरसे गरम हो जाना।

recalescence n. पुनर्दीप्ति, पुनरुष्णन, पुनरुष्णीकरण, फिरसे गरम करना या होना।

recalescent a. पुनर्दीप्त, पुनरुष्णीकृत।

recall[1] n. प्रत्यास्मरण, प्रत्याह्वान, प्रत्यावर्तन, प्रत्यानयन, पुनः वापस बुलाना; (विदेशमें की हुई) नियुक्ति रद्द करना; (जलपोत इत्यादिका) प्रत्यावर्तन-संकेत, लौटानेकी झण्डी; वापस लेनेकी सम्भावना (*beyond, past, ~*)।

recall[2] v.t. प्रत्याह्वान करना, प्रत्यावर्तित करना, प्रत्यानीत करना, लौटाना, पलटाना, वापस बुलाना; (समुद्रपार भेजे हुए अधिकारीकी) पदच्युति करना, नियुक्ति रद्द करना या मन्सूख करना, काटना; प्रत्यास्मरण करना, स्मरण करना, याद करना; (उपायन, पुरस्कार या भेंट इत्यादि) वापस लेना, लौटाना।

recallable a. प्रत्याह्वानीय, प्रत्यावर्तनीय, प्रत्यानेय, प्रत्यादानीय, लौटाने योग्य; रद्द करने योग्य, मन्सूख करने लायक।

recalled a. प्रत्याहूत, प्रत्यावर्तित, प्रत्यानीत, वापस बुलाया गया।

recant v.t. & i. (गल्ती स्वीकार करके) पूर्वमत वापस लेना, बात वापस लेना, फेरना, रद्द करना।

recantation n. प्रत्यादेश, प्रत्याख्यान, खण्डन, पूर्वमत-परित्याग, बातकी वापसी, इन्कार।

recapitulate v.t. संक्षेपावृत्ति करना, संक्षेपमें कहना, शीर्षक पढ़ देना, सरसरी तौरपर दुहरा देना।

recapitulation n. संक्षेपावृत्ति, संक्षिप्त पुनर्कथन, आवृत्ति, दोहराव; (विशे०, प्राणिवि०) : भ्रूणोंकी पुनरुत्पत्ति, पूर्वजन्यावर्तन।

recapitulative, recapitulatory aa. सूक्ष्म पुनरावृत्ति-विषयक; पुनरुत्पत्ति-सम्बन्धी।

reception n. (का०) पुनर्ग्रहण, पुनःसंग्रहण, प्रत्यादान, वापसी; प्रतिकार, प्रतिक्रिया, बदला।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

recaptor n. पुनरधिकर्ता, पुनर्हस्तगतकर्ता, पुनर्ग्रहीता, फिरसे अधिकारमें करनेवाला या पकड़नेवाला।

recapture[1] n. पुनर्बन्दीकरण।

recapture[2] v.t. पुनर्बन्दीकृत करना, पुनः हस्तगत करना, पुनरधिकृत करना, पुनः जीत लेना, फिरसे हथियाना या पकड़ना।

recast[1] n. समुन्नत व्यवस्था; नई आकृति, नया रूप या साँचा।

recast[2] v.t. व्यवस्था सुधारना, अच्छा इन्तजाम करना; नई आकृति देना, नया रूप प्रदान करना, फिरसे ढालना।

recede v. i. पश्चापसरण करना, प्रतिसरण करना, निर्वर्तित होना, पीछे हटना, वापस होना, लौटना; बदल जाना; (गुण, मूल्य या उपादेयतामें) घटना, कम हो जाना।

receding १. n. अपसरण, अपक्रमण; २. a. पश्चप्रवण, पश्चगामी, पृष्ठाभिमुख, पीछेकी ओर जानेवाला।

receipt[1]* n. प्राप्त द्रव्य, वसूल रकम; प्राप्ति, आदान, ग्रहण, आगम, स्वीकृति (*entrusted with the ~ of subscription*); प्राप्तिका, प्राप्तिपत्रक, भरपायी, पावती, पहुँच*, रसीद*; (प्रा०) राजकीय ढंगसे धन ग्रहण करनेका स्थान; (pl.) आयः प्राप्त कागजपत्र;

~ book, ~ clerk, ~ deliverer, ~ diary, ~ memoranda, ~ register, ~ side, ~ slip, ~ stamp, ~ voucher, ~ writer.

receipt[2] v.t. (बिल, बीजक या हुण्डीकी) प्राप्ति अंकित करना, पहुँच लिखना, प्राप्ति छापना, रसीद लिखना या छापना।

receivable a. प्राप्य, प्राप्तव्य।

receive v.t. प्राप्त करना, पाना, लेना; प्रतिगृहीत करना, प्रतिग्रहण करना, स्वीकार करना; अधिकारमें लेना, हस्तगत करना (*~ stolen goods*); पकड़ना; भार सहना, बोझ उठाना; विरोधका सामना करना; समाना, अँटाना, समाने देना, अमाना, घुस पाना, गुंजायश करना; शरण लेना; मानना; पात्र बनाना; आतिथ्य करना, स्वागत करना, सत्कार करना, अगवानी करना, खातिर करना, बढ़कर लेना (*shall not be ~d at my house*); उपार्जन करना, पाना, मिलना, दिया जाना, जोड़ दिया जाना (जैसे, *have not yet ~ed my dividend*); सम्मिलित होना, भाग लेना, हिस्सा लेना, हाथ बँटाना, शरीक होना।

received a. प्राप्त, लब्ध, आदत्त, गृहीत, पाया, मिला हुआ।

receiver n. सहनेवाला, सामना करनेवाला; सम्हालनेवाला; आतिथ्य करनेवाला, स्वागत करनेवाला, सत्कार करनेवाला, अगवानी करनेवाला; प्रापक, पानेवाला; सम्प्रापक, संग्राही, ग्रहीता, ग्राही, प्रतिग्राहक, आदाता, अमीन; आड़ (चोरीका मामला छिपानेवाला); ग्राहक-यन्त्र, ग्राहकांग, चोंगा (यन्त्रमें कुछ रखनेके लिए बना) रिक्त स्थान, आधान, भाजन, पात्र; वितन्तुकुलक, नभोवाणी तरंगोंको नाद या प्रकाशमें परिणत करनेका यन्त्र।

receivership n. सम्प्रापक पद, आदातृत्व, प्रतिग्राहक या अमीनका पद।

receiving १. n. प्रापण, प्रतिग्रहण, आदान, प्राप्त करना; २. a. ग्राहक, आदानी;

~ apparatus, ~ channel, ~ department, ~ jail, ~ note, ~ office, ~ officer, ~ order, ~ set, ~ station.

recency n. अभिनवता, प्रत्यग्रता, नवीनता, नूतनता, आधुनिकता, नयापन, ताजगी।

recension n. पुनरालोचना, पुनरावलोकन, पुनर्विचार, संशोधन, संशोधित संस्करण, आवृत्ति।

recent a. अपुरातन, अनतिप्राचीन, अभिनव, प्रत्यग्र, नव्य, नवीन, नव, नूतन, आधुनिक, हालका (*~ advances, work*); अचिर-प्रसूत, अदीर्घकालीन, नया, ताजा, आजकलका, अभीका।

recentness n. अभिनवता, प्रत्यग्रता, नूतनता, नवीनता, आधुनिकता, नयापन, ताजगी।

recept n. (दर्शन०) मनश्चित्र, मानस-चित्र, मानसिक चित्र, मनमें बननेवाली मूर्ति।

receptacle n. आधान, स्थान, भाजन, भाण्ड, पात्र, बर्तन; धान्याशय, धान्याधान, धान्यभाण्ड, अनाजका बर्तन; (वन०) (पौधेके अंगोंका) सामान्य आधार, आश्रय; (गुल्म, स्तबक या गुच्छका) अक्ष, पीनाक्ष।

receptacular a. आधानवत्, भाण्डवत्, भाजनवत्, पात्रवत्, बर्तन-जैसा; धान्याश्मवत्, धान्याधानवत्, धान्यभाण्डवत्, अनाजके बर्तन-जैसा।

receptibility n. प्राप्यता, प्राप्तव्यता, प्राप्य-गुण-सम्पन्नता, प्रापणीय गुण।

reception n. स्वागत, सत्कार, आदर, उपचार, सम्मान, अगवानी; आदान, स्वीकार; प्रवेश (जैसे, *he was honoured by ~ into that Academy*); स्वागत-समारोह (*after the review there will be a ~*); ग्राहिका-शक्ति, बुद्धिकी ग्रहण-शक्ति (जैसे, *has a great faculty of ~*); (वितन्तु संकेतों या संज्ञप्तियोंका) ग्रहण, प्रतिग्रहण, प्रतिग्रह-पटुता, ग्रहण-कुशलता; ~ order (पागलखानेमें पागलके) प्रवेशकी आज्ञा; ~-room (प्रायः शयनागारके सामनेवाला) स्वागत-कक्ष, मिलनेका कमरा; warm ~ शानदार स्वागत; (व्यंग्य) जबरदस्त विरोध।

receptionist n. स्वागतकर्ता, स्वागतकर्त्री; (चित्रकार या दन्त-चिकित्सक इत्यादि द्वारा) ग्राहकोंके स्वागतार्थ नियुक्त व्यक्ति।

receptive a. आशुग्राही, आदायी, आदानशील; विचक्षण, मेधावी, तेज (जैसे, *a mind more ~*); (क्व०) संग्रहणशील।

receptiveness, receptivity nn. विचक्षणता, मेधावीपन, आशुग्राह्यता, द्रुतग्राह्यता, ग्रहणशीलता।

receptor n. प्रापक, आदाता, ग्राहक;

~ cell, ~ organ, ~ patches, ~ region.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

receptrix n. प्रापिका, आदात्री, पानेवाली ।

recess[1] n. विश्राम, विश्रान्ति, विराम, कार्य-निवृत्ति, अल्पावकाश, कार्यावकाश, छुट्टी, तातील; विश्रान्तिकाल; क्षेत्रावकाश; (क्व०, जल, भूमि, हिमनदी इत्यादिका) अपसर्पण, पश्चगमन, प्रत्यावर्तन, वापसी, पीछे लौटना; निगूढ़ स्थान, विविक्त स्थान, गुप्त स्थान, गुफा, गुहा, खोह (जैसे, *in the innocent ~es of heart*); (पर्वतका) पीछे खिसकनेवाला भाग; (दीवालका) मण्डप, ताखा, घिनौंची, आला; (श० र० शा०) किसी अंगका मोड़, सिकुड़नका गड्ढा ।

recess[2] v.t. गड्ढेमें रखना, खोडरेमें रखना; पोल बनाना, गड्ढे बनाना; आला बनाना; पीछे हटना ।

recession n. पश्चायन, प्रतिसर, प्रतिसरण, अपसर्पण, पीछे हटना; संकोचन, सिमटना, सिकुड़ना; (किसी वस्तुका) पश्चगामी भाग; विराम; व्यापारिक मन्दी ⊙ ।

recessional[1] n. (उपासना-समाप्तिपर भजनमण्डली द्वारा गाया गया) भजन, गीत ।

recessional[2] a. (ब्रिटिश पार्लामेण्टके) अवकाशसे सम्बन्धित ।

recessive[1] n. पश्चसम्बन्ध, (द्वितीय या तृतीय पीढ़ीमें प्रकट होनेवाले) मूलपुरुषोंके अप्रकट लक्षण ।

recessive[2] a. तिरोहित, पश्चापसारी, पश्चागामी, पीछे सरकनेवाला (*~ character*); अधोभावी, अधःप्रभावी ।

Rechabite n. मद्यपान-विरोधी, शराब न छूनेवाला ।

rechauffe n. उष्णीयित भोजन, गरम किया हुआ अन्न ।

recheat n. (शिकारीका) शृंगवादन, सींग बजाना ।

recherche a. दुर्लभ, विरल, दुष्प्राप्यः अतिवांछित, अत्यभीप्सित, बढ़िया (शब्द या भोजन) ।

rechurned a. पुनर्मथित, दोबारा बिलोया हुआ ।

recidivation n. (रोगका) पुनराक्रमण, दोहार ।

recidivism n. प्रत्यावर्तिता, (बार-बार अपराधोंमें फँसनेकी प्रवृत्ति) ।

recidivist n. प्रत्यावर्ती, (बार-बार अपराधोंमें फँसनेवाला) ।

recidivous a. प्रत्यावर्तनीय, प्रत्यावर्तक, अपराधोंमें बार-बार फँसानेवाला ।

recipe n. अनुक्रमणिका, तालिका, फिहरिस्त; पर्ची, नुस्खा; उपचार, उपाय, उपकरण, साधन; युक्ति, योग, तरकीब तरीका ।

recipiency n. प्राप्ति, प्रापकता, प्रतिग्राहकता, ग्रहणशीलता, आदान, ग्रहण ।

recipient a. & n. प्रापक, प्रतिग्रहीता, प्राप्तिकर्ता, आदाता, प्राप्त करनेवाला, ग्रहण करनेवाला, पानेवाला ।

reciprocal[1] n. (गणि०) अंक-व्युत्क्रम, उल्टा, उलटफेर (जैसे, *1/5 is the ~ of 5*) ।

reciprocal[2] a. मिथः, अन्योन्य, परस्पर, पारस्परिक, इतरेतर, आदान-प्रदानात्मक, दोतरफा (*~ arrangement, love, service*); सदृश, समान, मिलता-जुलता, हूबहू; अनुपूरक; पारस्परिक क्रिया-सूचक, पारस्परिक सम्बन्ध-सूचक (*~ pronoun*); *~ fees* प्रतिशुल्क; *~ proportion* व्युत्क्रम-अनुपात ।

reciprocality n. अन्योन्यता, पारस्परिकता, परस्परता, आदान-प्रदानात्मकता; सदृशता, समानता, मिलता-जुलता होना; अनुपूरकता; पारस्परिक-क्रिया-सूचकता, पारस्परिक-सम्बन्ध-सूचकता ।

reciprocalness n. = RECIPROCALITY.

reciprocate v.t. & i. विनिमय करना, आदान-प्रदान करना, अदला-बदली करना; प्रतिदान करना, प्रतिफल चुकाना ।

reciprocating a. पश्चाग्र, आगे-पीछे चलनेवाला (जैसे, *~ engine, motion*) ।

reciprocation n. व्युत्क्रमण; विनिमय, आदान-प्रदान, व्यतिहार, लेन-देन, अदल-बदल, हेरफेर ।

reciprocative a. व्यतिहारपूर्ण, आदान-प्रदानात्मक; परिवर्तनशील, पारस्परिक ।

reciprocator n. विनिमेता, आदान-प्रदाता, प्रतिदाता, अदला-बदली करनेवाला ।

reciprocity n. पारस्पर्य, पारस्परिकता, परस्परता, आपसदारी; विनिमय-सिद्धान्त, आदान-प्रदान-नीति ।

recision n. निराकरण, अपखण्डन, विच्छेदन, रद्द कर देना ।

recital n. आख्यान, वर्णन, विवरण; प्रपठन, वाचन, उच्चारण, पाठ करना; (संगीतज्ञका) गान, गायन ।

recitation n. प्रपठन, वाचन, उच्चारण, सस्वर पाठ, नाद-साधना, गायन, गाना; वर्णन; *~ period* ⊙ पाठका समय, पठन-काल, वाचन-समय; *~ room* ⊙ पाठकक्ष, कक्षा, क्लासरूम ।

recitative[1] n. संगीत-कौशल, संगीत-चातुरी; संगीत-आलाप, संगीत-कौशल-प्रदर्शनमें दिये शब्द, बोल ।

recitative[2] a. पठनात्मक, वाचन-सम्बन्धी; संगीत-आलाप-सम्बन्धी ।

recite v.t. & i. प्रपठन करना, पाठ करना, पढ़ना, अलापना, सुनाना; (कानून) तथ्यकथन करना, लेखकी बातें सुनाना; वर्णन करना, कहना; क्रमानुसार गणना करना; स्मरणशक्तिसे कविता-पाठ करना ।

reciter n. पाठकर्ता, उच्चारक, नाद-साधक; (उच्च-स्वरमें पाठ करने योग्य) पद्योंकी किताब ।

reck v. i. & t. (प्रा०, का०; *~ of*) ध्यान देना, ख्याल करना, परवाह करना; व्यस्त रहना, चिन्तित करना या होना, परेशान करना या होना ।

reckless a. निरपेक्ष, असावधान; अदूरदर्शी, अपरिणामदर्शी; साहसिक, दुःसाहसी, उद्दण्ड, उतावला, निर्भय, निरातंक, वेधड़क; प्रमत्त, अचेत, लापरवाह, बेपरवाह, अन्धाधुन्ध ।

recklessness n. अविमृश्यकारिता, अविचारिता, अनवधान, प्रमाद, बेखबरी, लापरवाही; दुःसाहस, साहससशीलता ।

reckon v.t. & i. (संख्या, मात्रा या परिमाण) स्थिर करना, निश्चित करना, तै करना; संगणना करना, संख्यान करना; सम्पूर्ण जोड़ लगाना (*I ~ 53 of*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

them); विशेषताएँ गिन लेना, कोटिमें गिनना, श्रेणीमें रखना; विचारना, समझना, मानना (~ *him wise*); निष्कर्ष निकालना, नतीजा निकालना, हिसाब लगाना; दृढ़ विश्वास रखना; समाप्त करना, चुकता करना; आश्रित रहना, आधारित रहना, निर्भर रहना, आश्रित करना या होना।

reckoned a. संगणित, गिना हुआ।

reckoner n. गणक, संगणक, गणना करनेवाला, हिसाब लगानेवाला।

reckoning n. गणना, गिनती, लेखा, हिसाब; गणन, गणनापत्र; (विशे० सराय या मदिरालयकी) देयपत्रिका, बिल; day of ~ परिशोध-दिवस, बदला चुकानेका दिन. हिसाबका दिन; प्रलय-दिवस, कयामतका दिन।

reclaim[1] n. पुनरावर्तन, पुनरवाप्ति, पुनर्लाभ; कुपथ्य-त्याग, सुधार।

reclaim[2] v.t. & i. (नृशंसता, दुरवस्था आदिसे) उद्धार करना, मुक्त करना; शिष्ट करना, सभ्य बनाना, सँवारना, सुधारना, पालतू बनाना; सुपथपर लाना; कृष्य बनाना, कृषि-योग्य बनाना, उपजाऊ बनाना, जोतना-बोना; विरोध खड़ा करना, विरोधमें कहना।

reclaimable a. पुनरावर्तन योग्य, सुधार योग्य; कृष्य, काबिल काश्त।

reclaimed a. कृष्यकृत (जैसे, ~ *land*)।

reclaiming a. (नृशंसता इत्यादिसे) उद्धारक, मोचक; शिष्टकारक, सभ्यकारक, सुधारनेवाला; कृष्यकारक, कृषि-योग्य बनानेवाला।

reclaimless a. पुनरावर्त्तनहीन, पुनरवाप्ति-विहीन, पुनर्लाभ-विहीन; सुधाररहित।

reclamation n. पापनिवृत्ति, उद्धार, मुक्ति, छुटकारा; सुधार; कृष्यकरण, उपादेयकरण (~ *of land*); पुनर्ग्रहण, पुनर्लाभ।

reclame n. ख्याति, कुख्याति, बदनामी; चालबाजी; ख्याति या कुख्याति पानेका ढंग।

reclinate a. अधोविलम्बित, अधोमुख, अधोनत, नीचेकी ओर लटकता हुआ, नीचेकी ओर झुका हुआ।

reclination n. अधोविलम्बन; मोड़, झुकाव; (ज्या०) उदग्रके साथ घट्यनीक कोण।

recline v.t. & i. (प्रायः क्षैतिज अवस्थामें) लिटाना, टिकाना, झुकाना; (तकियापर) आश्रय लेना, झुककर बैठना, टेक लेना, सहारा लेना; (ला०) आश्रित होना, पूरा भरोसा रखना।

reclined a. अधोनत, (क्षितिजीय अवस्थामें) पड़ा हुआ लेटा हुआ, झुका हुआ; आश्रित।

recliner n. लिटानेवाला, टिकानेवाला, झुकानेवाला; (तकिये इत्यादिपर) आश्रय लेनेवाला, झुककर बैठनेवाला, टेक लेनेवाला, सहारा लेनेवाला; (ला०) पूरा भरोसा रखनेवाला।

reclining a. (वन०) आलम्बी, लटका, झुका, मुड़ा, लेटा; आश्रित, अवलम्बित; ~-chair रोगीकी आरामकुर्सी।

recluse a. & n. संन्यासी, विरागी, परिव्राजक, साधु, तपस्वी, तपस्विनी, एकान्तवासी।

reclusion n. एकान्तसेवन, विराग; एकान्त कारागार।

reclusive a. एकान्तप्रिय, वैराग्ययुक्त।

reclusory n. एकान्तसेवीकी कुटिया, एकान्त योगी परिव्राजककी गुहा।

recoal v.t. (पोत या छकड़ेमें) फिरसे कोयला भरना।

recognition n. अभिज्ञान, परिज्ञान, पहचान, शिनाख्त; प्रस्वीकरण, अंगीकार, स्वीकार, प्रतिपत्ति, मान्यता।

recognitive a. अभिज्ञानीय, परिज्ञानीय, पहिचान-सम्बन्धी, शिनाख्तका; प्रस्वीकरणीय, मान्यता-सम्बन्धी।

recognitory a. परिचायक, जान-पहचानवाला।

recognizability n. अभिज्ञानार्हता, माननीयता, स्वीकृति, अंगीकार, मान्यता।

recognizable a. माननीय, मान्य, स्वीकार्य, अंगीकार्य; अभिज्ञानार्ह, अभिज्ञेय, परिज्ञेय, पहचानने योग्य, स्पष्ट, शिनाख्तके काबिल।

recognizance n. प्रतिभू, प्रतिभाव्य, विबन्ध, जमानत, मुचलका; प्रतिभू-पत्र, विबन्ध-पत्र; अभिज्ञान, पहचान; अभिस्वीकार।

recognizant a. प्रज्ञान-सूचक, अभिज्ञान-बोधक, पहचान करानेवाला, याद दिलानेवाला।

recognize v.t. (सूचना या विचारका) व्यक्त करना, प्रकट करना; (प्रकृति या स्वभावका) पता लगाना, समझना; पुष्टि करना, मानना, ग्रहण करना; अभिज्ञात करना, जानना, पहचानना, पूर्वपरिचित ठहराना; स्वीकार करना, प्रस्वीकार करना, मान्यता देना; अभिस्वीकार करना।

recognized a. अभिज्ञात, परिचित; प्रस्वीकृत, मान्य, मान्यताप्राप्त (~ *agent, language*)।

recoil[1] n. विवर्तन, परावर्तन, प्रतिक्षेप, पलटा, धक्का, झटका; झिझक, हिचक।

recoil[2] v. i. (शत्रुसे) पीछे हटना, पलटना, हटना, लौटना; सहम जाना, हिचकना, झिझकना; टक्कर खाकर लौट पड़ना; (आग्नेयास्त्रोंका) झटका खाना, झटका देना।

recoiler n. पश्चगामी, पीछे हटनेवाला, पलटनेवाला, लौटनेवाला; सहम जानेवाला, हिचकनेवाला, झिझकनेवाला; टक्कर खानेवाला।

recoilment n. पश्चगमन, पीछे हटना, पलटना, लौटना, सहमना, हिचकना, झिझकना।

recollect v.t. स्मरण करना, याद कर लेना; स्मृतिमें आ जाना।

recollection n. स्मृति, स्मरण, याद; अनुस्मरण, स्मृतिवस्तु, स्मारक, यादगार; स्मृतिकाल, स्मरणावधि (*it happened within my* ~); अनुबोध, अनुचिन्तन, स्मरणशक्ति, याददाश्त।

recollective a. स्मरणात्मक, स्मृतिगत, स्मरण-सम्बन्धी, यादवाला।

recolonization n. पुनरुपनिवेशीकरण, पुनः उपनिवेश-निर्माण।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

recolonize v.t. पुनरुपनिवेशीकृत करना, फिरसे उपनिवेश बनाना।

recomforture n. सान्त्वना, दिलासा, ढाढ़स।

recommence v.t. पुनः सूत्रपात करना, पुनरारम्भ करना, पुनः आरम्भ करना, फिरसे शुरू करना।

recommencement n. पुनः सूत्रपात, पुनरारम्भ, दुबारा शुरूआत।

recommend v.t. न्यस्त करना, निक्षेप करना, समर्पित करना, सौंपना, सिपुर्द करना; अनुशंसा करना, अभिस्ताव करना, अनुराधन करना, सिफारिश करना; प्रशंसा करना, सराहना, गुण-कीर्तन करना, तारीफ करनाः (किसी कामके लिए) अच्छा समझना (जैसे, *can you ~ me a cook?*); प्रशंसापत्र देना, ग्राह्य बनाना, मान्यता देना; परामर्श देना, सलाह देना; उपदेश देना।

recommendable a. प्रशंसार्ह, प्रशंसनीय, स्तुत्य; अनुशंसनीय, अभिस्ताव्य, अनुरोधनीय, सिफारिश लायक।

recommendableness n. प्रशंसार्हता, प्रशंसनीयता, स्तुत्यता; अभिस्ताव्यता, अनुरोधनीयता, सिफारिश।

recommendation n. प्रशंसा, गुण-कीर्तन; अनुशंसा, अभिस्तव, अनुरोध, आग्रह, सिफारिश।

recommendatory a. प्रशंसार्ह, प्रशंसक, गुण-कीर्तनकारी, प्रशंसाकारी, सिफारिशी।

recommended a. अनुशंसित, अभिस्तावित, अनुरोधित।

recommender n. अभिस्तावक, अनुरोधक।

recommit v.t. पुनः सौंपना, फिरसे सिपुर्द करना; (विधेयक इत्यादि) पुनर्विचारके लिए किसी समितिके पास भेजना।

recommitment, recommittal nn. पुनः समर्पण, पुनर्विचारार्थ प्रेषण।

recommunicate v. i. पुनर्निवेदन करना, पुनरावेदन करना, पुनः प्रतिवेदन करना, फिरसे सूचित करना।

recompact v.t. पुनः सम्मिलित होना, दुबारा शामिल होना, फिरसे सम्पर्क स्थापित करना।

recompense[1] n. पारितोषिक, पुरस्कार; परिशोध, प्रतिशोध, प्रतिफल, प्रतिपूर्ति, प्रतिकार, बदला; प्रतिदान, क्षतिपूर्ति, मावजा, हरजाना; निर्यातन, निष्कृति, निष्क्रय, निस्तार, छूट।

recompense[2] v.t. परिशोध करना, प्रतिशोध लेना, बदला लेना; पुरस्कृत करना; दण्डित करना; प्रतिदान करना, प्रतिफल चुकाना, क्षतिपूर्ति करना, हरजाना देना, बदला देना, मावजा देना; निष्कृति करना, निस्तार करना, छुडाना।

recompenser n. परिशोधयिता, प्रतिशोधक, बदला लेनेवाला; पुरस्कर्ता; दण्डित करनेवाला, प्रतिपादित करनेवाला; प्रतिफल चुकानेवाला; क्षतिपूर्ति करनेवाला, हरजाना देनेवाला, मावजा देनेवाला; निष्कर्ता, निस्तार करनेवाला, छुड़ानेवाला।

recompose, recompound vv.t. पुनर्गठन करना, पुनः एकाकार बनाना, फिर मिलाना; शान्त करना।

reconcilability n. ऐक्य-प्रेम, समाधानोन्मुखता, प्रशमन-प्रियता, प्रसादशीलता, समझौतेकी अवस्था।

reconcilable a. समाधेय, समाधानशील; अनुकूल, अनुरूप; प्रशमप्रवण, प्रसादप्रिय, ऐक्यप्रिय, सम्मिलनार्ह।

reconcile v.t. (विरक्तिके बाद पुनः) ऐक्यविशिष्ट करना, पुनर्मिलित करना, पुनः मैत्री स्थापित करना (*to, with* के साथ); समाहित करना, समाधान करना, सांत्वना देना; अनुनय करना; उपशमन करना, निराकरण करना; सन्धि करना, सामंजस्य करना, अनुकूल बनाना; समझौता करना, राजी करना; (दूषित होनेके बाद पुनः) पवित्र करना, शुद्ध करना; (रुचिविरुद्ध वस्तुओं या कार्योंसे) विरत करना या सन्तोषपूर्वक अनुकूल बनाना; शमन करना, शान्त करना, सही करना, ठीक करना; सामंजस्य स्थापित करना, अनुरूपता लाना, एक ही रंगमें रँगना।

reconciled a. समाहित, कृतसन्धि, शान्त।

reconcilement, reconciliation nn. ऐक्य, पुनर्मिलन, मिलाप, मेल; आनुकूल्य, अनुनय, तोषण; वैरशमन, सन्धान, वैरशान्ति, सन्धि, पुनर्मैत्री, विरोधोपशम, सन्तोष; सामंजस्यविधान, सगति।

reconciler n. ऐक्यक, ऐक्यकर्ता, पुनर्मेलक, विचौलिया, पुनः मिलानेवाला; वैरशामक; अनुनायक, सन्तापक; समाधाता, सन्धि करानेवाला, पुनर्मैत्री या समझौता करानेवाला; सामंजस्य-विधाता।

reconciliatory a. ऐक्यक, पुनर्मेली, पुनः मिलानेवाला; वैरशामक; अनुनायक, सन्तोषक; सन्धिकारी, पुनर्मैत्री करानेवाला, समझौतेवाला।

recondite a. गूढ़, गहन, दुरवगाह, दुर्बोध (*~ phrases*), दुर्ज्ञेय, गुप्त, गम्भीर, रहस्यमय, अव्यक्त, अप्रकट; असामान्य, असाधारण, पेचीदा; अल्पख्यात, अल्पप्रसिद्धः (लेखकके लिए) कूटप्रयोक्ता, कठिन शब्दोंका प्रयोग करनेवाला।

reconditeness n. काठिन्य, गूढ़ता, गहनता, गाम्भीर्य, दुर्ज्ञेयता।

recondition v.t. जीर्णोद्धार करना, पुनरुद्धार करना, प्रत्यवस्थापित करना, नये सिरेसे दुरुस्त करना, मरम्मत करना, नया करना, ज्यों-का-त्यों करना।

reconditioned a. प्रत्यवस्थापित, नवीकृत, परिष्कृत।

reconfirm v.t. पुनः प्रतिपादन करना, दुबारा पुष्ट या स्थिर करना, फिरसे पक्का करना।

reconnaissance n. भूमीक्षण, अभीक्षण, अवेक्षण, पर्यवेक्षण, जासूसी देखभाल, गश्त; सूक्ष्म निरूपण, गवेषणा; पर्यवेक्षणदल, निरीक्षकगण; नापजोख, पैमाइश।

reconnoitre[1] n. पर्यवेक्षण, निपुण निरीक्षण, नापजोख, जाँच-पड़ताल, छान-बीन।

reconnoitre[2] v.t. & i. पूर्वेक्षण करना, पर्यवेक्षण

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

करना, निरीक्षण करना, निरूपण करना, देखभाल करना; अनुसन्धान करना, खोजना, छानबीन करना, जाँच-पड़ताल करना, नाप-जोख करना।

reconnoitrer n. पर्यवेक्षक, निरीक्षक, अनुसन्धाता, खोजनेवाला, छानबीन करनेवाला, जाँच-पड़ताल करनेवाला, खोजी।

reconsider v.t. पुनर्विचार करना, पुनर्विवेचना करना, फिरसे सोचना।

reconsideration n. पुनर्विचार, पुनर्विमर्श।

reconstituent १. a. पुनःस्थापी, पुनर्निर्माणकारी, फिरसे बनानेवाला; २. n. पुनःस्थापी ओषधि।

reconstitute v. t. पुनः संस्थापित करना, पुनर्गठित करना, पुनर्निर्माण करना, फिरसे बनाना।

reconstitution n. पुनःस्थापना, पुनर्निर्माण, पुनर्गठन, नयी बनावट, फिरसे बनाना।

reconstruct v.t. पुनर्रचना करना, पुनर्निर्माण करना, फिरसे बनाना।

reconstruction n. पुनर्निर्माण, पुनारचना, नयी बनावट, फिरसे बनाना।

reconstructive a. पुनर्निर्माणकारी, पुनारचनाकारी, फिरसे बनानेवाला।

reconvene v.t. (सभा इत्यादि) पुनरायोजित करना, फिरसे बुलाना।

reconvention n. (क़ानून) प्रतियाचना, प्रतिवाद।

reconversion n. पुनःरूपान्तरण, पुनः परिवर्तन।

record[1]* n. लेख, लेखा, लेखन, आलेख, लिपिबन्धन; प्रलेख*, दस्तावेज, तहरीर; (अभियोगमें बहस आदिकी) प्रतिलिपि, नकल; वैयक्तिक दैनन्दिनी; अभिलेख, शिलालेख, उत्कीर्णलेख, ऐतिहासिक प्रमाण, लिखित प्रमाण, सुरक्षित विवरण, वृत्त, पुरातत्त्व-ग्रन्थ, ऐतिहासिक प्रलेख, तारीखी दस्तावेज; स्मारक, यादगार; तवा, रेकार्ड; तवे या रेकार्डपर दिये गये अंक या चिह्न; कारनामा, अमलनामा; कीर्तिमान, जीवनी, जीवन-इतिहास (जैसे, *has an honourable* ~); सर्वोत्तम कृति; अनूठी घटना; *break the* ~ मात करना; *keep to the* ~ सुसंगत रहना; *off the* ~ ⊙ अनाधिकारिक; *on* ~ अभिलिखित; *place on* ~ अभिलेखबद्ध करना, कार्रवाईमें लिख रखना; *travel out of the* ~ बहक जाना;

~ book, ~ branch, ~ clerk, ~ compilation, ~ establishment, ~ evidence, ~ judgement, ~-keeper, ~-keeping, ~ note, ~ office, ~ order, ~ pass book, ~ rack, ~-room officer, ~-room receipt, ~s book, ~ sorter, ~s room, ~ staff, ~ supplier, ~ typewriter.

record[2] v.t. खींचकर नाद साधना, कण्ठ दबाकर गानेका अभ्यास करना, गुनगुनाना; अभिलेखन करना (निर्देश, संकेत या स्मरण करनेके लिए) लिखना, लिपिबद्ध करना, खतियाना; किसी स्थायी रूपमें रखना।

recordable a. आलेख्य, लिपिबद्ध करने योग्य, लिखने लायक।

recorded a. अभिलिखित, प्रलिखित, संगृहीत, लिखकर एकत्र की हुई (~ *proceedings*)।

recorder n. अभिलेखक, अभिलेखपाल, आलेखक, प्रलेखक, लेखक; दण्डाधिकारी (जिनकी अदालतकी त्रैमासिक बैठकें हुआ करती हैं); अभिलेखित्र, ध्वनिलेख-यन्त्र।

recordership n. न्यायदण्डाधिकार।

recording n. अभिलेखन, आलेखन, लिपिबन्धन; ध्वनि-रक्षण; (वेतारके लिए पुनः प्रसरणार्थ) ध्वनिलेखन-प्रक्रिया, स्वरांकन, ध्वनि-अभिलेखन-सामग्री; (बिम्ब, चित्रपट इत्यादिका) पुनरुल्लिखित ध्वनि-कार्यक्रम।

recount[1] n. (मतपत्रोंकी) पुनर्गणना।

recount[2] v.t. विवृत करना, सविस्तर वर्णन करना, विस्तारसे कहना, रामकहानी कहना।

recount[3] v.t. (विशे० मतपत्रोंकी) पुनर्गणना करना, फिरसे गिनना।

recountal n. वर्णन, कथन, कहना; गणना, गिनती।

recoup v.t. & i. (क़ानून) प्रतिकर्तन करना, घटाना, कमी करना काट लेना, निकाल लेना, रख छोड़ना; क्षतिपूर्ति करना, हानिपूरण करना, भावजा देना।

recouping n. पूर्ति, पूरण।

recoupment n. प्रतिकर्तन, कमी; निष्क्रय, पुनरादान, पुनःप्राप्ति, पूर्ति, पूरण।

recourse n. गति, आश्रय, समाश्रय, उपाश्रय, अवलम्ब, आलम्ब, शरण, सहारा, आसरा; उपाय, उपचार, उपकरण, साधन, चारा; आश्रयदायी वस्तु; *have* ~ *to* आश्रय लेना, सहारा लेना।

recover[1] n. (आत्मरक्षा इत्यादिमें) तलवार लौटानेका ढंग।

recover[2] v.t. & i. पुनः हस्तगत करना, पुनः अधिकार पाना, पुनः अधिकृत करना, दोबारा पाना, फिर हाथ लगना (*has ~ed his friends' affection*); प्रतिभू पाना, निष्क्रय पाना, क्षतिपूर्ति पाना, पुनः सम्पत्तिलाभ करना, भावजा पाना (*an action to ~ damages*); पुनः चैतन्य होना, पुनः संज्ञालाभ करना, पुनरुज्जीवित होना; पुनः नीरोग होना, पुनः स्वास्थ्यलाभ करना; प्रकृतिस्थ होना; पूर्वावस्था पाना, पूर्वस्थितिमें आना; ढूँढ़ लेना; पहुँचना; पूरा करना; निरापद होना; पलटना, वापस होना, पीछे लौटना; ~ one*self* स्वस्थ होना; इन्द्रियोंपर काबू पाना; ~ one's *legs* गिरनेके बाद फिरसे खड़ा हो जाना; ~ *sword* प्रहारके बाद तलवार लौटा लेना।

recoverable a. पुनर्हस्तगमनीय, पुनरधिकरणीय, प्रत्यादेय, दुबारा हस्तगत करने योग्य (~ *loan*); प्रतिभूय, निष्क्रेय, क्षतिपूर्य, भावजा पाने योग्य; चैतन्य होने योग्य, संज्ञालाभ करने योग्य; प्रकृतिस्थ होने योग्य, स्वस्थ होने योग्य।

recoverableness n. पुनर्हस्तगमनीयता, पुनरधिकरणीयता; प्रतिभूयता, निष्क्रेयता, क्षतिपूर्यता, भावजा पानेकी योग्यता; चैतन्ययोग्यता।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

recovered a. पुनर्गृहीत, प्रत्यादत्त, पुनरादत्त, प्रतिलब्ध; समुत्थित, लब्धारोग्य, स्वस्थ, नीरोग, रोगमुक्त; चेतनापन्न ।

recoveree n. (कानून) प्रतिदाता ।

recoveror n. प्रतिप्रापक, पुनरादाता, प्रत्यादाता, फिरसे पानेवाला व्यक्ति ।

recovery n. प्रत्यादान, पुनरादान, पुनर्लाभ, पुनःप्राप्ति; आरोग्यलाभ, रोगमुक्ति, प्रकृतिलाभ, निरामयत्व, आरोग्य, चेतनालाभ, पुनरुज्जीवन, समुत्थान; वसूली ।

recreancy n. भीरुता, कायरता, क्लीबता, नपुंसकता; पतन, स्वधर्मत्याग; अविश्वास, विश्वासघात ।

recreant a. & n. (भाषण०, का०) भीरु, क्लीब, नपुंसक, कातर, कायर, डरपोक; पतित, धर्मभ्रष्ट, स्वपक्षत्यागी; अविश्वासी, विश्वासघातक ।

recreate[1] v.t. & i. विनोद करना, प्रमोद करना, आनन्द मनाना, प्रसन्न करना या होना, रिझाना, दिल बहलाना, खुशी मनाना (*~s himself with cricket*); विश्राम करना; विहार करना, क्रीड़ा करना, मनोरंजन करना ।

recreate[2] v.t. पुनर्निर्मित करना ।

recreation n. श्रान्तिविनोदन, विश्राम, आमोद-प्रमोद, उत्सव, आनन्द, विनोद, मनोरंजन, बहलाव, खुशी; पुनर्निर्माण ।

recreational a. श्रान्तिविनोदनीय, विश्रामप्रद, आनन्दप्रद, आमोद-प्रमोद-विषयक, उत्सव-सम्बन्धी, मनोरंजन-विषयक, खुशीका ।

recreative a. विनोदशील, विश्रामप्रद, आनन्दप्रद, मनोरंजक, मज़ेदार ।

recreativeness n. विनोदशीलता, विश्रामप्रदता, आनन्दप्रदता, मनोरंजकता, मजेदारी ।

recrement n. अवशेष, अवशिष्ट भाग, बचा हुआ भाग, तलछट ।

recremental a. अवशिष्ट, बचा हुआ, तलछट ।

recrementitial a. = RECREMENTAL.

recrementitious a. = RECREMENTAL.

recriminate v.t. प्रत्यभियोग लगाना, प्रत्यपवाद लगाना, प्रत्यारोप करना, परस्पर दोषारोपण करना, आपसमें इलजाम लगाना ।

recrimination n. प्रत्यभियोग, प्रत्यपवाद, प्रत्यारोप, मिथः दोषारोपण, आपसी इलजाम ।

recriminative, recriminatory aa. प्रत्यभियोगी, प्रत्यपवादी, प्रत्यारोपी ।

recriminator n. प्रत्यभियोगी, प्रत्यपवादी, प्रत्यारोपी, मिथः दोषारोपण करनेवाला, आपसमें इलजाम लगानेवाला ।

recrudesce v. i. (व्रण, रोग इत्यादिका तथा असन्तोष इत्यादिका ला०) पुनः प्रकोप होना, पुनः प्रकोप होना, पुनः वर्धित होना, पुनः प्रारम्भ होना, फिरसे फैलना, दोबारा भड़क उठना ।

recrudescence n. पुनःप्रकोप, पुनःसंक्रमण ।

recrudescent a. पुनः प्रकोपी, पुनः वर्द्धनशील, फिरसे उभड़नेवाला ।

recruit[1] n. नवसैनिक, नई भर्तीका सिपाही, रँगरूट ।

recruit[2] v.t. & i. आप्रविष्ट करना, प्रविष्ट करना, भर्ती करना, रँगरूट बनाना, दाखिल करना; एकत्र करना, जमा करना; नयी भर्तीके लिए जवान ढूँढ़ना; पुनर्नवीकृत करना, फिरसे भरना; क्षयपूरण करना, क्षतिपूर्ति करना, पूरा करना; संवर्धन करना, स्वस्थ बनाना या होना, नवजीवन देना, सबल बनाना (*has gone to the country to ~*); पुनःप्राप्तिका प्रयत्न करना ।

recruital n. स्वास्थ्यलाभ ।

recruiter n. आप्रवेशक, भर्ती करनेवाला ।

recruiting a. आप्रवेशन-, भर्तीका (जैसे, *~ allowance*); भर्ती करनेवाला (*~ sergeant*) ।

recruitment n. आप्रवेशन, प्रवेश, दाखिला; नवसंयोजन, नयी भर्ती ।

rectal a. गुद-, गुदा-विषयक, मलाशयी; गुदासम्बन्धी ।

rectangle n. समकोण, समचतुरस्र, आयत ।

rectangular a. समकोण, समचतुरस्र, आयताकार (*~ prism*); लम्बकोणस्थ, लम्बकोणवत् ।

rectangularity n. समकोणत्व, आयताकारत्व, आयताकारिता ।

rectifiable a. संशोधनीय, शोधयोग्य, संस्कारार्ह, परिष्कार्ह ।

rectification n. समाधान, संशोधन, संस्कार, परिष्कार, परिशोधन, शुद्धि, शोधनकार्य, सफाई; ऋजुकरण ।

rectified a. संशोधित, परिशोधित, साफ किया हुआ; (विद्यु०) ऋजुकृत, सरलीकृत, एकदिश, एकायनी, एकायनिक (जैसे, *~ current*) ।

rectifier n. संशोधक, संस्कर्ता, परिष्कारक; (विद्युद्धाराका) संशोधित्र; ऋजुकारी, सरल रेखा ।

rectify v.t. शोधना, संशोधन करना, संस्कार करना, परिशुद्ध करना, ठीक करना, सँवारना, दुरुस्त करना; (रेखागणि०) ऋजु करना, वक्रके बराबर सरल रेखा निकालना; (रसा०) आसव बनाना, सत्त्व निकालना, साफ करना ।

rectigrade a. अग्रगामी, सरल गति, आगे चलनेवाला, सीधे चलनेवाला ।

rectilinear, -eal aa. ऋजुरेख, ऋजुरेखाविशिष्ट, ऋजुरेखावेष्टित, सरलरेखात्मक, सीधी रेखावाला (*~ fissure*) ।

rectilinearity n. ऋजुरेखावैशिष्ट्य, सरलरेखात्मकता ।

rectirostral a. ऋजुचंचु, सीधी चोंचवाला ।

rectitis n. गुददाह, गुदप्रदाह, गुदाशोथ, गुदाकी सूजन ।

rectitude n. आर्जव, दाक्षिण्य, साधुता, सदाचार, सरलता, सद्वर्तांव; सत्यशीलता, न्यायपरता, ईमानदारी, सिधाई; शौच, पुनीतता, पवित्रता; (क्वचित्) शुद्धि, संशुद्धि, औचित्य, न्याय्यता ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

recto n. (खुली पुस्तकका) दाहिना पृष्ठ, पन्ने या पत्तेके सामनेका हिस्सा।

rector n. नियामक, शासक, प्रबन्धकर्ता; ग्रामाचार्य, ग्रामपुरोहित; वृत्तिभोगी; याजक, मठाध्यक्ष, धर्मशालाध्यक्ष, कुलपति, मुख्याधिष्ठाता, अधिशिक्षक, (शिक्षालय एवं विश्वविद्यालयका) प्राचार्य, प्राध्यक्ष, रेक्टर।

rectorate, rectorship nn. रेक्टरका पद।

rectorial a. प्राध्यक्ष-सम्बन्धी, रेक्टर-विषयक, रेक्टर-सम्बन्धी (जैसे, ~ *election*)।

rectory n. रेक्टर-निवास; रेक्टरकी वृत्ति।

rectoscope n. गुददर्श, गुदादर्श, गुह्यदेश-दर्शक यन्त्र, गुह्यद्वार-दर्शक यन्त्र, मलनालीदर्श, सरलान्त्रदर्श, रेक्टोस्कोप।

rectotomy n. गुदशल्यन, गुह्यदेश-शल्यन, गुह्यद्वार-शल्यन, मलनालीकी चीर-फाड़, सरलान्त्रकी चीर-फाड़।

rectress n. रेक्टरकी पत्नी।

rectricial a. प्रशासिका-विषयक, प्रबन्धकर्त्री-सम्बन्धी।

rectrix n. (pl. *-ces*) नियामिका, प्रशासिका, अधिकारिणी, स्त्री शासक, महिला राज्यपाल; (यन्त्र मोड़नेमें प्रयुक्त) पूँछका लम्बा पर।

rectum n. गुद, गुदा, गुह्यदेश, गुह्यद्वार, मलनाली, सरलान्त्र।

rectus n. ऋजुपेशी, रेक्टस।

recumbence, -cy nn. आनति, समालम्बन, अवलम्बन, झुकाव, टेक; आलस्य, सुस्ती, आराम।

recumbent a. शायी, शयित, पार्श्वशायी, अर्द्धशयान, समालम्बित, अवलम्बित, सहारा लिये हुए, टिका हुआ; अलस, आलसी, सुस्त।

recuperability n. पुनरुद्धरणीयता; पुनः स्वस्थयोग्यता; पुनःप्राप्यता, पुनःप्रापणीयता, फिरसे प्राप्त होनेकी स्थिति; पूरणीयता, पूरा होनेकी स्थिति।

recuperable a. पुनरुद्धरणीय; पुनः स्वस्थ होने योग्य; पुनः प्राप्त होने योग्य; पूरा होने योग्य।

recuperate v.t. & i. पुनः स्वस्थ होना, रोगमुक्त होना, श्रान्तिमुक्त होना, थकावटसे छुटकारा पाना; खोया धन पाना, पुनः प्राप्त करना; पूरा करना, फिरसे भर देना।

recuperation n. पुनरारोग्यलाभ; पुनः उद्धारण; पुनर्लाभ, पुनःप्राप्ति; पूरण।

recuperative a. स्वास्थ्यवर्द्धक, आरोग्यप्रद।

recuperator n. पुनःप्राप्तकर्ता; पुनः स्वस्थ होनेवाला, पुनरारोग्यलाभ करनेवाला; पुनरुद्धारक।

recur v. i. पुनरुक्ति करना, पुनरावृत्ति करना, दुहराना; पुनः स्मरण करना, फिरसे ख्याल करना, याद आ जाना, सुध आना; पुनरागमन करना; पुनरुपस्थित होना, पुनरुत्थापित होना, फिरसे घटित होना, फिर होना।

recurrence, -cy nn. प्रतिवर्तन, प्रत्यावृत्ति, पुनरावर्तन, पुन-र्वर्द्धन, पुनः संघटन; पुनराविर्भाव, पुनरुपस्थिति; पुनरागमन, प्रादुर्भाव, उदय।

recurrent[1] n. प्रत्यावर्तिनी धमनी।

recurrent[2] a. पौनःपुनिक, पुनरावर्तक, प्रत्यावर्ती, प्रत्यागमनशील (~ *epidemics*); (स्नायु, शिरा, शाखा इत्यादि) प्रतिवर्ती, पीछे मुड़कर दिशा बदलनेवाला; पुनः-पुनः, बहुशः, नियमित समयसे होनेवाला।

recurring a. आवर्ती, आवर्तक (~ *expenditure, grant*)।

recurvate a. प्रतिवर्तित, पीछे झुका हुआ, पीछे मुड़ा हुआ।

recurvature n. पीछेका झुकाव, उल्टा मोड़।

recurve v.t. & i. पीछे झुकना या झुकाना, उल्टा मुड़ना या मोड़ना।

recurved a. = RECURVATE.

recurvous a. पश्चवक्र, पीछेकी ओर टेढ़ा, पीछेकी ओर झुका हुआ, पीछेकी ओर मुड़ा हुआ।

recusance, -ancy nn. वैमत्य, मतवैभिन्न्य; दुराग्रह, निरकुशता; धार्मिक मतभेद, धर्मद्रोह; निराकरण।

recusant n. & a. निराकर्ता; धार्मिक विषयोंमें राजाज्ञा अस्वीकार करनेवाला (व्यक्ति), विद्रोही, दुराग्रही, हठी।

recusation n. (कानून) आपत्ति, आरोप, आवेदन, एतराज, अपील।

red[1] ⊙ n. = LOSS.

red[2]* a. शोण, अरुण, रक्त, लोहित, लाल, सुर्ख, खूनी; रक्तस्राव-विषयक; प्रदाह-सम्बन्धी; अत्याचार-विषयक; क्रान्ति-सम्बन्धी; क्रान्तिवादी, साम्यवादी, कम्युनिस्ट; ~-breast रक्तकुमारी, (एक छोटी गानेवाली अँग्रेजी चिड़िया); ~cap ⊙ स्टेशनपरका दौवारिक या द्वारपाल; ~ cent ⊙ सबसे छोटा सिक्का, फार्दिंग; ~-eye 'रड' नामक एक प्रकारकी लाल मछली; ~ flag विद्रोह-चिह्न, विप्लव-ध्वज, युद्धसंकेत; विघ्नसंकेतक; खतरेकी झण्डी; ~ gold (प्रा० और का०) शुद्ध स्वर्ण, असली सोना, खालिस सोना; ~hat अँग्रेजी मुख्याधिकारी (उसके उपनामके रूपमें भी); (रोमन कैथा०) धर्माध्यक्षका हैट; ~-hot रक्तोष्ण, तपकर अति रक्तवर्ण; प्रमत्त, उत्तेजित, क्षुब्ध, क्रुद्ध; ~ lead n. & v.t. सिंदुर (लेपन करना), सिंदूर (लगाना); ~-letter (पंचांगमें रक्ताक्षरोंमें सूचित) महापुरुषका दिन अथवा उत्सव; (ला०) महत्त्वपूर्ण, शुभ, स्मरणीय; (v.t.) स्वर्णाक्षरोंमें लिखना, आनन्दार्थ स्मरणीय रूपमें स्थिरता देना; ~ man, R~ Indian (उत्तरी अमेरिकाका मूल-निवासी), रेड इंडियन; ~ nag उत्तेजक वस्तु; ~skin दे० ~ man; ~ soldier एक प्रकारका शूकरज्वर (जिसमें चमड़ा लाल हो जाता है); शूकर-ज्वरसे पीड़ित सुअर; ~ spider पतमकड़ी (अंगूरकी पत्ती खानेवाला एक कीड़ा); ~start लाल दुमवाली एक विलायती चिड़िया; ~-streak लाल सेब; ~ tape (जनताका कार्य करनेमें) अतिशय नियम-पालन, दीर्घसूत्रता, दफ्तरी घिसघिस; ~-tapery नियम-जाल; ~-tapism अत्यौपचारिकता, नियमातिशय्य, नियम-बाहुल्य, फीताशाही; ~-tapist अतिशय नियमपालक; दीर्घसूत्री, बाह्याडम्बर-प्रेमी, घिस्सू, घिस-घिस करनेवाला;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~-water (मवेशियों और भेड़ोंका) मलेरिया (जिसमें लाल पेशाब आने लगता है); ~wood लाल काठवाले वृक्षोंकी जातियाँ; ~ worm (मछलीके चारेमें प्रयुक्त) केंचुआ; the R~ Flag लाल झण्डी; एक आधुनिक क्रान्तिगीत; *see the ~ light* (ला०) विपदागमका आभास पाना, विपत्ति आनेका अनुमान करना।

redact v.t. रूप-रंग देना, ढंगसे सजाना; साहित्यिक रूप देना; संशोधन करना; सज्जित करना, सुसज्जित करना; सम्पादन करना, सम्पादित करना।

redacteur n. सम्पादक, संग्रहकर्ता।

redaction n. नूतन संस्करण; संशोधन, क्रमबन्धन. पुनरावृत्ति; रूपरंजन, सजावट; सम्पादन, संग्रहण।

redactor n. सम्पादक, संशोधक, संग्रहकर्ता; रूपरंजक, सजानेवाला।

redan n. दुर्ग-प्राचीरोत्क्षेप, दुर्ग-प्राचीरोत्सेध, किलेकी चहार-दीवारीका उभार; द्विमुख गढ़, दुर्ग-प्राचीर, दोरुखा किला या उसकी दीवार।

redargue v.t. प्रतिषिद्ध करना, मना करना, रोकना; आनाकानी करना।

redd v.t. सुलझाना, सँभालना, सँवारना, तरीकेसे रखना, साफ रखना; लड़ाई-झगड़ेसे बचाना।

redden v.t. & i. सराग करना, रक्तवर्ण करना या होना, लाल करना या होना, शर्माना, तमतमाना।

reddish, reddy aa. आरक्त, रागाभास-, रक्ताभास-, अर्द्धरक्त, ईषद्रक्त, कुछ-कुछ लाल।

reddishness n. आरक्तता, रागाभास, रक्ताभास, अर्द्धरक्तता, ईषद्रक्तता, रक्ताभता, सुर्खी, लाली।

reddition n. समर्पण, आत्मसमर्पण; प्राप्ति, पुनः-प्राप्ति, वापसी।

reddle[1] n. गैरिक, रक्तमृत्तिका, हिरौंजी मिट्टी, गेरू; ~man गैरिक-खनक; गेरूका व्यापारी।

reddle[2] v.t. गैरिकरंजित करना, गेरूसे रँगना।

rede[1] n. (प्रा०) परामर्श, सलाह, राय, मशविरा; उपदेश, शिक्षा, पाठ, सीख; संकल्प, निश्चय, मंसूबा, इरादा; लक्ष्य, उद्देश्य, आशय, अभिप्राय; वर्णन, विवरण; प्रबन्ध, कथा, कहानी।

rede[2] v.t. (प्रा०) परामर्श देना, सलाह देना, मशविरा देना; उपदेश करना, शिक्षा देना, सीख देना, पाठ पढ़ाना; अर्थ लगाना, मतलब समझना, हल करना; रहस्य खोलना, भेद जानना।

redeem v.t. विमुक्त कराना, रिहा कराना, छुड़ाना; वापस लेना, लौटालना, मूल्य देकर भी पुनः प्राप्त करना, दाम देकर फिरसे खरीद लेना, छुड़ा लेना (~ *honour, position, land*); समाप्त करना, समझौता करना, दरहम-बरहम करना; प्रण पूर्ण करना, प्रतिज्ञा पूरी करना, वचन निभाना; (धन देकर निष्क्रयदान द्वारा अपनी) प्राणरक्षा करना, जान बचाना; त्राण करना, परित्राण करना, उद्धार करना, मुक्त करना, रक्षा करना, क्षतिपूर्ति करना, प्रतिभू देना, घाटा भरना, भावजा देना; प्रायश्चित्त करना; (किसी दोषसे) बचाना।

redeemability n. निष्क्रेयता, शोध्यता, शोधनीयता; विमोच्यता, मोचनीयता, उद्धरणीयता, स्वतन्त्रकरणीयता, स्वच्छन्दकरणीयता।

redeemable a. शोध्य, शोधनीय; निष्क्रेय (~ *rights*); विमोच्य, मोचनीय, उद्धरणीय, छुड़ाने लायक।

redeemed a. निष्क्रीत, विमोचित।

redeemer n. (विशे० ईसामसीहके लिए) परित्राता, निष्क्रमी, समुद्धर्ता, उद्धारकर्ता, मुक्तिदाता, मोक्षक।

redeless a. निर्बुद्धि, बुद्धिहीन, प्रज्ञाविहीन, मूढ़, मूर्ख, बेवकूफ, बददिमाग।

redemise[1] n. पुनर्भूदान, पुनर्भूमिप्रदान, भूमि-प्रतिदान, जमीनकी वापसी।

redemise[2] v.t. पुनः भूदान करना, पुनः भूमि प्रदान करना, फिरसे जमीन देना।

redemption n. निष्क्रयण, त्राण, विमोचन, मोक्ष, उद्धार, मुक्ति, बचाव, छुटकारा (*beyond, past, ~*); मोक्ष देनेवाली वस्तु; क्रय, खरीद, (मोल लेनेकी क्रिया); ~ charges मोचन-व्यय, निष्क्रमण-प्रभार।

redemptioner n. (घर लौटनेके लिए) भाड़ा जुटानेका निश्चय करनेवाला प्रवासी।

redemptive a. निष्क्रयशील, निष्क्रमणकारी, उद्धृत, समुद्धृत, आसन्न-मुक्ति; छुटकारेका, बचाववाला।

redemptory a. निष्क्रयण-विषयक, विमोचन-विषयक, मोक्ष-सम्बन्धी, उद्धार-सम्बन्धी, मुक्ति-सम्बन्धी, छुटकारेका; क्रय-विषयक, खरीदका।

redif n. तुर्की सैनिक।

redingote n. स्त्रियोंका सबसे ऊपर पहना जानेवाला लम्बा कोट।

redintegrate v.t. पूर्ण करना, संघटित करना, पुनरेकाकार करना, मिला देना; पुनरुद्धार करना, जीर्णोद्धार करना, पुनः स्थापित करना, नया करना, नवनिर्माण करना।

redintegration n. नवनिर्माण, पुनर्नवतापादन, जीर्णोद्धार, पुनरुद्धार; पुनर्गठन।

redintegrator n. पुनरुद्धारक, जीर्णोद्धारक, नव-निर्माता; संघटक, पूर्णकर्ता, पुनरेकीकर्ता।

redirect v.t. पुनर्निर्देश करना, फिरसे हिदायत करना; (विशेषकर) पुनः प्रेषित करना, चिट्ठीका पता बदलना, अन्य स्थानपर भेजना।

redirection n. पुनर्निर्देशन; पुनः प्रेषण, अन्य पतेपर भेजना।

rediscover v.t. पुनरन्वेषण करना, पुनर्गवेषणा करना, फिरसे खोज निकालना।

redisseizin n. (जमीनके बारेमें) विधि-लेख, अभियोग-लेख, अभियोग-पत्र, पट्टा।

redistribute v.t. पुनर्वितरण करना, फिरसे बाँटना।

redistribution n. पुनर्वितरण, दोबारा बँटवारा।

redistributive a. पुनर्वितरणकारी, पुनर्वितरण-सम्बन्धी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

redness n. रक्तता, रक्तिमा, अरुणता, अरुणिमा, लालिमा, लाली, सुर्खी, ललाई।

redolence a. सौरभ, सुगन्ध, महक, खुशबू।

redolent a. ससौरभ, सौरभमय, सुरभित, सुगन्धित, खुशबूदार; (सम्प्रति क्व०) तीक्ष्ण गन्धयुक्त; (ला०) व्यंजक, सूचक; स्मारक।

redondilla n. एक प्रकारका छन्द (जिसमें प्रथम-तृतीय एवं द्वितीय-चतुर्थ चरणोंमें अन्त्यानुप्रास होता है)।

redouble[1] n. विवर्द्धन, द्विगुणीकरण; अतिवृद्धि।

redouble[2] v.t. & i. विवृद्ध करना, द्विगुणित करना, दूना या दुगुना करना, अत्यधिक वृद्धि करना, अधिकाधिक प्रबल करना, बढ़ाना, तेज करना (~ one's *efforts*)।

redoubled a. विवृद्ध, द्विगुणित, अधिकृत।

redoubt n. उपदुर्ग, गढ़ी, कोट, किला।

redoubtable a. दुर्धर्ष, दुर्दान्त, दुर्जेय, अदम्य, भीम, उग्र, भयंकर, विक्रान्त, पराक्रमी, पराक्रान्त, चीमड़।

redoubted a. (प्रा०) दुर्धर्ष, दुर्दान्त, अजेय, उग्र, भीम, भयानक, भयंकर, पराक्रमी, पराक्रान्त, डरावना।

redound v. i. फलप्रसू होना, सफल होना, परिणत होना (*it will ~ to our credit*); उलटकर प्रभाव डालना, किसी व्यक्तिके सिर पड़ना, पुनः प्रेरित होना; लौटना; वापस जाना, पलटा खाना।

redress[1] n. प्रतिकार, समाधान, निष्क्रय, प्रतिभू, क्षति-पूर्ति, चारा, हरजाना, मुआवजा; ~ of grievance कष्ट-निवारण।

redress[2] v. t. त्राण करना, परित्राण करना, रक्षा करना; प्रतिकार करना, उपचार करना, दवा करना; शुद्ध करना, सुधारना, दुरुस्त करना, सही करना, ठीक करना; क्षतिपूर्ति करना; ~ *the balance* सन्तुलन स्थापित करना।

redressable a. प्रतिकार्य, संशोध्य, विमोच्य।

redresser n. प्रतिकर्ता, संशोधयिता, विमोचयिता, त्राता, परित्राता, रक्षक; उपचार करनेवाला, दवा करने-वाला; शुद्ध करनेवाला, सुधारनेवाला, दुरुस्त करनेवाला।

redressive a. प्रतिकारक, प्रतिकार-साधक, उप-चारात्मक।

redressment n. प्रतिकरण, संशोधन, विमोचन, त्राण, परित्राण, रक्षण; उपचार, दवा-दारू; ठीक करना, दुरुस्त करना।

reduce v.t. & i. (सम्प्रति केवल शल्यमें) मौलिक अवस्थामें लाना, मूल अवस्थामें लाना; उपचार करना; प्रहासित करना या होना, घटना, घटाना, कम करना; (शरीर या मनसे दूसरे रूपमें) परिवर्तन करना, बदलना; वर्गीकरण द्वारा घटित करना; परिवर्तनानुकूल बनाना; न्यून करना, हीन करना, निम्न अवस्थामें लाना; बाध्य करना; वशीकृत करना, दमन करना, पराभूत करना, पराजित करना, परास्त करना, जीतना; विच्युत करना, छँटनी करना, हटाना; वित्तहीन करना, निर्धन बनाना, गरीब कर देना; क्षीण बनाना, कृश बनाना, दुर्बल बनाना, कमजोर करना; भस्म करना, फूँकना; संकुचित करना, सिकोड़ना; (अपना) परिमाण घटाना, बोझ हल्का करना, वजन कम करना।

reduced a. अवकृत, अपचित, प्रहासित, न्यूनीकृत, घटाया गया, कम किया गया (~ *charge*); परिणत, घटित।

reducent a. वशीकारक, दमनकारक, पराभूतिकारक, पराजित करनेवाला; कम करनेवाला; वित्तहीन बनाने-वाला, निर्धन बनानेवाला, गरीब बनानेवाला।

reducer n. घटानेवाला आदि क्रियागत अर्थोंमें; (विशे० फोटोमें, निगेटिवके गाढ़े रंगको फीका करनेवाला) घोल, घोलक।

religiousness n. धार्मिकता, धर्मनिष्ठता, धर्मपरायणता, धर्मनिष्ठा, धर्मपरता, धर्मभीरुता, आस्तिक्य, पवित्रता, धर्मात्मापन।

relinquent a. त्याजक, परित्याजक, अपत्यागी, उत्सर्जक, मोचक, छोड़नेवाला; विरक्त होनेवाला, वैठनेवाला, वंश खो देनेवाला, कब्जा छोड़ देनेवाला।

relinquish v.t. त्यागना, परित्याग करना, अवत्यक्त करना, उत्सर्ग करना, मुक्त करना, छोड़ना; विरक्त होना, पृथक् होना, सम्बन्ध-विच्छेद करना; अधिकार खो बैठना, वश खो देना, कब्जा छोड़ देना।

relinquished a. त्यक्त, परित्यक्त, अपत्यक्त, पृथक्कृत, छोड़ा हुआ।

relinquisher n. त्यक्ता, परित्यक्ता, अपत्यक्ता, उत्सष्टा, मोक्ता, छोड़नेवाला; संन्यासी, विरक्त व्यक्ति, पृथक् व्यक्ति, सम्बन्ध-विच्छिन्न व्यक्ति; अधिकारहीन व्यक्ति, अधिकार-त्यागी व्यक्ति।

relinquishment n. त्यजन; संन्यास, त्याग, परित्याग, उत्सर्ग, मुक्ति, पार्थक्य, छुटकारा।

reliquary n. देहावशेष-पात्र, अवशिष्टाधार, अस्थि-पात्र, अस्थि-आधान।

relique n. अभिज्ञान, स्मारक, स्मृतिचिह्न, यादगार, निशानी; शव, लाश; अवशेष, भग्नावशेष; अवशिष्टांश, शेषांश, चिथड़ा, गूदड़।

reliquiae n. pl. (वनस्पतियों इत्यादिका) अवशेष; =RELIC.।

relish[1] n. स्वाद, आस्वाद, रस, रुचि, मजा, चाट, चस्का; तीक्ष्ण भोज्य, क्षुधावर्धक स्वाद, उत्तेजक पदार्थ; तीक्ष्णता; चाट, चटनी, अँचार, सिरका; तृप्ति, परितृप्ति, तुष्टि, आनन्द, अनुराग, अभिरुचि, चाह (*has no ~ for poetry*)।

relish[2] v.t. & i. रसास्वाद पाना, आस्वादन करना, स्वाद लेना, रस लेना, मजा लेना; तृप्त होना, परितृप्त होना, सन्तुष्ट होना; स्वादपूर्ण होना, रसमय होना, आस्वादपूर्ण होना; सुस्वादु होना, चटपटा होना, चरपरा या मजेदार होना; सुगन्धयुक्त होना।

relishable a. स्वाद्य, आस्वाद्य, रस लेने योग्य, मजेदार, जायकेदार; तृप्य, तोष्य, परितोष्य, आनन्द-दायक।

relive v. i. पुनरुज्जीवित होना, पुनः जीवन पाना, पुनः सचेत होना, फिरसे होशमें आना, फिरसे जी उठना; अनुप्राणित होना, उद्बोधित होना; फिरसे रहना, फिरसे बसना; पुनः प्रचारमें आना।

relucence n. भास्वरता, प्रोज्ज्वलता, देदीप्यता, ज्वलन्तता, चमकीलापन।

relucent a. (क०) दीप्तिमान्, प्रोज्ज्वल, देदीप्त, ज्वलन्त, चमकीला।

reluct v. i. (सम्प्रति क्व०) अरुचि रखना, अनिच्छा रखना, विराग रखना; असम्मत होना, विरोध प्रकट करना; (भौतिकी) प्रतियसन करना।

reluctance, -cy nn. अनिच्छा, विराग, असन्तोष, वितृष्णा, अकाम, अरुचि; असम्मति, वैमनस्य, विमुखता; (भौतिकी) विरोध, प्रतिरोध, प्रतियास।

reluctant a. विरत, विमुख, विरक्त, विरुद्ध, पराङ्मुख; असन्तुष्ट; दुःसाध्य, कष्टसाध्य; निरपेक्ष, विमल, विमनस, अनिच्छुक; (भौतिकी) विरोधी, प्रतिरोधी, प्रतियासी।

reluctate v.t. =RELUCT.

reluctation n. अरुचि, अनिच्छा, विराग; वैमनस्य, विरोध, विपरीतता।

reluctivity n. प्रतिरोध, प्रतियासिता (चुम्बकीय चक्रमें प्रतिरोधांश)।

relume v.t. (काव्य०) पुनः प्रदीप्त करना, पुनः प्रज्वलित करना, फिरसे जलाना; (नेत्रों आदिको) पुनः प्रकाशित करना, पुनः समुज्ज्वल करना; (आकाश आदिको) पुनः भासमान करना, पुनः आभामय करना, फिर चमकाना, फिर जलाना।

rely v. i. (किसी व्यक्ति या वस्तुपर) आश्रित होना, समाश्रित होना, अवलम्बित होना, निर्भर होना, विश्वास करना (जैसे, *I ~ upon you to do it*)।

relying a. अवलम्बी, आश्रित, विश्वासी।

remain[1] n. उच्छिष्ट, अवशिष्टांश, शेषभाग, अवशेषभाग, बचा-खुचा हिस्सा; (प्रायः pl.) अवशेष, भग्नावशेष, पुरावशेष, खण्डहर, यादगार, निशान (*a ~ of a temple*); (pl.) अप्रकाशित रचनाएँ; शव, लाश; खण्डहर।

remain[2] v. i. शेष रहना, अवशिष्ट होना, बाकी बचना, रहना (*worse things ~ to be told*);

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अवस्थित होना, स्थिर रहना, विद्यमान होना, वर्तमान रहना, टिकना, ठहरना, बना रहना, कायम होना; पीछे छूट जाना।

remainder[1] n. (कानून) उत्तराधिकार; (सम्पत्ति-दानके साथ किसी व्यक्तिको दिया गया) अवशिष्ट भाग, गुजारा; अवशेष, शेष भाग, बाकी; अवशिष्ट व्यक्ति या वस्तु, रहे-सहे आदमी, बची-खुची चीज; (आवश्यकता न होनेपर कम मूल्यमें बेची गयी) फालतू पुस्तकें; ~man शेषभोगी, गुजारादार।

remainder[2] v.t. शेष बनाना, बाकी पाना; कम मूल्य पर फालतू पुस्तकोंको बेचना।

remaindership n. शेषता, अवशेषता; उत्तराधिकार।

remaining a. अवशिष्ट, शेष (~ *velocity*)।

remake v.t. पुनर्निर्माण करना, फिरसे बनाना।

reman v.t. नये आदमी लगाना।

remand[1] n. (हिरासतमें) पुनःप्रेषण, फिरसे भेजना।

remand[2] v.t. पुनःप्रेरण करना, प्रतिप्रेषण करना, प्रत्यर्पण करना, प्रत्यावर्तित करना, लौटा देना, लौटा भेजना, फेर देना, वापस करना, सिपुर्द करना, हवाले करना; (कैदीको) कारावासमें वापस भेज देना।

remanent a. अवशिष्ट, बचा हुआ।

remanet n. अवशिष्ट भाग, बचा हुआ भाग; स्थगित वाद; स्थगित विषेयक।

remark[1] n. शंसिका, अभिवचन, अभ्युक्ति, विशेष कथन, मतप्रकाशन, अवेक्षण, दृष्टिपात, निरूपण; मन्तव्य, उक्ति, विचार, चर्चा, चारणा; टीका, टिप्पणी, आलोचना, फबती; *make a* ~ आलोचना करना, टीका-टिप्पणी करना, विचार प्रकट करना, राय देना; *worthy of* ~ विचारार्ह, ध्यान देने योग्य; अपूर्व, अद्‌भुत, आश्चर्यभूत, अलौकिक, विलक्षण।

remark[2] v.t. & i. अभिवचन करना, विशेष कथन करना, लक्ष्य करना, अवेक्षण करना, दृष्टिपात करना, निरूपण करना, निगाह करना; आलोचना करना, मत प्रकट करना, विचार देना, टीका-टिप्पणी करना, फबती कसना, बोलना।

re-mark v.t. फिर चिह्नित करना।

remarkable a. असाधारण, अपूर्व, अद्‌भुत, अलौकिक, लोकोत्तर, विलक्षण, विचित्र, अनूठा; स्मरणार्ह; विचारार्ह, ध्यान देने योग्य; प्रथित, विश्रुत, प्रसिद्ध, विख्यात।

remarkableness n. अपूर्वता, अद्‌भुतता, अलौकिकता, विलक्षणता, विचित्रता; स्मरणार्हता, विचारार्हता; प्रथितता, प्रसिद्धि, विख्याति।

remarked a. संलक्ष्य, सुस्पष्ट, प्रमुख।

remarker n. शंसक, अभिवक्ता, अभ्युक्तिकार, विशेष-कथयिता; मत-प्रकाशक; निरूपक; टीकाटिप्पणीकार, आलोचक।

remasticate v.t. जुगाली करना।

remastication n. जुगाली।

remblai n. बन्ध-निर्माण-सामग्री, बाँध बनानेमें प्रयुक्त सामान।

remediable a. प्रतिकार्य, साध्य, प्रतिविधेय; आरोग्यसाधन-योग्य।

remediableness n. प्रतिकार्यता, साध्यता, प्रति-विधेयता; आरोग्यसाधन-योग्यता।

remedial a. प्रत्युपाय-, प्रतिकारक, प्रतिकारसाधक, प्रतिकारी, साधक (~ *damage, measures*); चिकित्स्य, उपाय्य, चिकित्सा-सम्बन्धी।

remediless a. अप्रतिकार्य, अप्रतिविधेय; निरुपाय, दुरुपचार, असाध्य, अचिकित्स्य; निष्फल।

remedy[1] n. उपचार, औषध; चिकित्सा, इलाज; प्रतिसमाधान, निष्क्रय, क्षतिपूर्ति; उपशम-साधन, प्रतीकार, उपाय, प्रत्युपाय, उपशम-प्रतिक्रिया, चारा; टकसालके बने सिक्कोंके गुणोंके अन्तरकी सीमा; what ~ कोई चारा नहीं है।

remedy[2] v.t. उपचार करना, चिकित्सा करना, स्वस्थ बनाना, औषध देना, दवा देना, इलाज करना; प्रतिकार करना, उपाय करना; निर्दोष बनाना, सुधारना, अच्छा बनाना, ठीक करना।

remember v.t. स्मरण रखना, याद रखना; अनु-चिन्तन करना, मनमें बिठाना या लाना, कण्ठस्थ करना, याद करना; पुरस्कृत करना, पुरस्कार देना, सूक्ष्मो-पहार देना, उपहार देना, भेंट देना, इनाम देना; उत्कोच देना, घूस देना (जैसे, ~ *the waiter*); अपनी प्रार्थनाओंमें चर्चा करना; (किसीका अभिवादन, कुशल-क्षेम इत्यादि) अन्य व्यक्ति तक पहुँचाना (~ *me kindly to him*); ~ one*self* प्रस्खलनके अनन्तर अपने मनोरथोंमें सँभल जाना, आत्मसुधार कर लेना, सम्हाल लेना।

rememberable a. स्मरणीय, याद रखने योग्य; अनुचिन्त्य, कण्ठस्थ करने योग्य, जबानी याद रखने लायक; पुरस्कार्य, उपहार्य, भेंट देने योग्य, इनाम देने लायक।

rememberer n. स्मर्ता, स्मरण करनेवाला, अव-चिन्तक, अवधारक।

remembering n. स्मरण, सुध।

remembrance n. स्मृति, स्मरण, अनुचिन्तन, अव-धारणा, सुध, याद; स्मरणशक्ति, याददाश्त; अभिज्ञान, स्मारक, यादगार; *put in* ~ स्मरण कराना, याद दिलाना।

remembrancer n. स्मारक, स्मृति-चिह्न, यादगार; स्मरण करानेवाला; (कानून) परामर्शी (*legal* ~)।

remiform a. पतवारके आकारका, पतवारकी आकृति-का, पतवार-जैसा।

remiges n. (pl.) (पक्षियोंके) उड़नेके पंख, डैने।

remind v.t. स्मरण कराना, स्मृतिगोचर कराना, स्मरणशक्तिको पुनरुद्दीप्त करना, स्मारकका काम करना, याददाश्त ताजा करना; याद दिलाना, चिताना, जताना।

reminder n. स्मार, अनुस्मारक, याददाश्त; अनुबोधक, स्मरणार्थ लेख, चेतावनी, अनुस्मरण-पत्र।

remindful a. स्मरणकारी, याद दिलानेवाला।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

reminiscence n. स्मृति, संस्मृति, पूर्वस्मृति, स्मरण, सुध, याद; संस्मृत घटना, याद किया हुआ तथ्य; संस्मरण (स्मृतिगत घटनाओंका साहित्यिक सकलन); स्मरणकारी लक्षण; *Platonic doctrine of* ~ प्लेटोका सिद्धान्त कि आत्माको पूर्वजन्मोंकी पुनः स्मृति होती है।

reminiscent a. स्मारक, स्मरणजनक, स्मरणकारी, याद दिलानेवाला; पूर्वस्मृतियोंसे परिपूर्ण।

reminiscential a. स्मरणीय, स्मरण-विषय, संस्मरण-सम्बन्धी।

remint v.t. नया सिक्का ढालना, फिरसे सिक्का बनाना।

remiped a. कर्णपाद, पतवार-जैसे आकारवाले पैरोंवाला।

remise[1] n. गाड़ीघर, गाड़ीका अड्डा; गाड़ी; प्रतिदान, प्रतिसमर्पण; बादमोक्ष-दावा छोड़ना; (शस्त्रक्री०) प्रत्याघात, घात-प्रतिघात।

remise[2] v. i. प्रत्याघात करना, घात-प्रतिघात करना; भाड़ेपर गाड़ी ठीक करना।

remise[3] v.t. (कानून) परित्यक्त करना, अवसृष्ट करना, परिहृत करना, त्याग देना, समर्पित करना, छोड़ देना।

remiss a. अकर्मण्य, दीर्घसूत्री, शिथिल, आलसी, असावधान, अनवहित, अमनोयोगी, प्रमादी, लापरवाह, ढीला, गाफिल; अनुद्यमी, निरुत्साह, ठण्ढा।

remissibility n. क्षम्यता, क्षमता, क्षमायोग्यता, मार्जनीयता; देयता, परित्याज्यता, प्रतिदानार्हता, समर्पणीयता।

remissible a. क्षम्य, क्षमार्हता, क्षमायोग्य, मार्जनीय; देय, परित्याज्य, समर्पणीय, देने योग्य।

remission n. क्षमा, मार्जना, मुक्ति, माफी, रिहाई, छुटकारा; (वेग, प्रभाव, दशा या तेजमें) शैथिल्य, न्यूनता, परिहार घटाव, छूट, छुट्टी, कमी; विराम, निवृत्ति; विप्रेषण (~ *of dues*);

~ proposals, ~ register, ~ revenue, ~ sheets, ~ system.

remissive, remissory aa. क्षमाप्रद, क्षमाशील।

remissness n. अकर्मण्यता, दीर्घसूत्रता, शिथिलता, आलस्य, असावधानी, अनवधान, अमनोयोग, प्रमाद, उपेक्षा, लापरवाही, सुस्ती; अनुद्यम, निरुत्साह।

remit v.t. & i. क्षमा करना, मार्जना करना; (ऋण, दण्ड इत्यादि) वसूल करना; परिहार करना, त्याग देना, छूट देना, छोड़ देना; न्यून करना, घटाना, कम करना; क्षीण करना या होना, शिथिल करना या होना, कमजोर करना या होना, घटना (*pain, enthusiasm, begins to* ~); (आंशिक या सम्पूर्ण रूपसे) समाप्त होना या करना, मिटना, मिटाना; (वार्ता, विषय आदि किसी प्रामाणिक व्यक्तिके समक्ष) प्रस्तुत करना, उपस्थापित करना; (न्यायालयमें) विप्रेषित करना, फिरसे भेजना; पूर्वस्थितिमें पहुँचाना, पूर्वावस्थामें पहुँचाना, पहली दशामें रखना; फेर देना, लौटाना, वापस करना; (धन आदि) प्रेषित करना, पहुँचाना, भिजवा देना।

remitment n. = REMITTANCE.

remittal n. त्याग, प्रेरण, देन, दान; प्रदत्त वस्तु; भेजी हुई चीज।

remittance n. विप्रेषण, भेजना; विप्रेषित धनराशि, किसीको भेजा हुआ रुपया-पैसा; हुण्डी; ~-man (घरसे आये हुए धनसे जीवन-निर्वाह करनेवाला) प्रवासी या परदेशी;

~ account, ~ facilities scheme, ~ register, ~ schedule, ~ transfer receipts.

remitted a. प्रेषित, विप्रेषित, भेजा हुआ।

remittee n. विप्रेषिती, पानेवाला, जिसे रुपये दिये जायँ।

remittent a. & n. अल्पविरामी, अन्तर देकर कम होनेवाला (~ *fever*); स्वल्पविराम, सविराम।

remitter[1] n. प्रेषक, विप्रेषक, रुपया भेजनेवाला।

remitter[2] n. (कानून) प्रबल अधिकार रखनेकी स्थिति या क्रिया; (अन्य न्यायालयोंमें) अभियोग-प्रेषण; प्रतिवर्तन, यथापूर्वीकरण, पहले-जैसा बनानेकी क्रिया।

remnant n. अवशेष, शेषांश, अवशिष्टांश, अवशेष चिह्न, अंश, खण्ड, भाग, बचत, बाकी।

remonetization n. पुनर्मुद्रीकरण।

remonstrance n. लोकावेदन, निवेदन, विवरण (जैसे, इति० Grand R~); वादानुवाद, प्रतिवाद, आपत्ति; प्रत्यादेश, प्रतिषेध, निषेध, निवारण; विरोध, हुज्जत।

remonstrant a. & n. प्रतिवादात्मक, प्रतिवादप्रवृत्त, प्रतिवादकारी, प्रतिवादक, हुज्जती; समझाने-बुझानेवाला।

remonstrate v. i. & t. प्रतिवाद करना, विरोध करना, निषेध करना, कुतर्क करना, समझाना-बुझाना, दलील करना, हुज्जत करना; (विरोधमें) आग्रह करना, प्रेरित करना, उत्तेजित करना।

remonstration n. = REMONSTRANCE.

remonstrative a. प्रतिवादी, प्रतिवादकारी, प्रतिवादशील, हुज्जती।

remonstrator n. प्रतिवादक, प्रतिवादकारी, प्रतिवादशील, प्रतिवाद-परायण, हुज्जत करनेवाला।

remora n. रोध, अवरोध, विघ्न, रोक, रुकावट; एक प्रकारकी मछली।

remorse n. मनस्ताप, मनःपीड़ा, पश्चात्ताप, अनुताप, परिताप, सन्ताप, अनुशोक, खेद, पछतावा।

remorseful a. अनुतप्त, मनस्तापपूर्ण, पश्चात्तापपूर्ण।

remorseless a. क्रूर, निर्दय, अकरुण, कठोर, पश्चात्तापरहित, बेदर्द।

remorselessness n. क्रूरता, निर्दयता, अकारुण्य, कठोरता, पश्चात्तापराहित्य, बेदर्दी।

remote a. विप्रकृष्ट, दूर, सुदूर, दूरस्थ, दूरवर्ती (~ *cause, kinsman*); पृथक्, अलग; गुप्त, एकान्त, प्रच्छन्न, निर्जन; (विचार आदि) क्षीणतम, न्यूनतम, अल्पतम, सूक्ष्मातिसूक्ष्म (~*est conception*); आदिम, प्राथमिक; विभक्त, असंलग्न; सामान्य; परोक्ष (~ *control*)।

remoteness n. विप्रकृष्टता, दूरता, सुदूरता, दूरी,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

दूरस्थिति, दूरवर्तिता, पृथक्ता; गुप्तता, प्रच्छन्नता, एकान्तता, निर्जनता; क्षीणता, न्यूनता, अल्पता, सूक्ष्मता, कमी; आदिमता, प्राथमिकता; भिन्नता, असंलग्नता; सामान्यता; परोक्षता।

remould v.t. पुनर्गठित करना, पुनःसंचकित करना, नये साँचेमें ढालना, फिरसे ढालना।

remoulding n. पुनर्गठन, पुनःसंचकन।

remount[1] n. (रेजिमेण्टके लिए) नया घोड़ा, नये घोड़ोंकी सप्लाई।

remount[2] v.t. नया घोड़ा देना।

remount[3] v.t. (पर्वत, सीढ़ी, घोड़ा इत्यादिपर) पुनरारोहण करना, फिर चढ़ना, फिर सवार होना; (किसी निश्चित तिथि, काल, मूल या स्रोत तक) लौटकर जाना।

removability n. अपनेयता, अपसारणीयता, परिहरणीयता, स्थानान्तरणीयता, निवारणीयता, पदभ्रंश, पदच्युति, हटाव।

removable[1] n. अपनेय व्यक्ति; (आयर्लैण्डका) हटाये जाने योग्य दण्डाधिकारी या मैजिस्ट्रेट।

removable[2] a. अपसारणीय, परिहरणीय, स्थानान्तरणीय, अपनेय, हटाने योग्य, दूर करने योग्य।

removal n. अपोह, अपनयन, अपसारण, निराकरण, अपहरण, परिहरण, निष्कासन, स्थानान्तरण, अपगमन, दूरीकरण, पदच्युति, हटाव।

remove[1] n. (भोजनार्थ एकके बाद एक आनेवाला) थाल; (कक्षामें) उच्चतर श्रेणी, पदोन्नति, तरक्की; (क०) प्रस्थान, विदाई; निवास-परिवर्तन, अपसरण, गमन, हटाव; दूरी, फासला (जैसे, *at a certain ~ its shape seems to change*); श्रेणी, कोटि, कक्षा, भाग, अंश, कक्षांश, परिभाग।

remove[2] v.t. & i. अपसृष्ट करना, अपसारित करना, दूर करना, बहिष्कार करना, स्थानान्तरित करना, अन्यत्र ले जाना; परिस्थिति-परिवर्तन करना, हटाना; पदच्युत करना, निकाल देना, अलग करना, बाहर करना, बर्खास्त कर देना; (भोज इत्यादिमें) अनुसरण करना, अनुगमन करना, एक दूसरेके पीछे आना; निवासस्थान बदलना, अन्यत्र चले जाना (जैसे, *I am ~ing from London to Oxford*); *~ furniture* (विशेष व्यवसायके रूपमें गृहपरिवर्तन करनेवालोंका) सामान ढोना; *~ mountains* चमत्कार दिखाना, आश्चर्यजनक कार्य करना।

removed a. अपनीत, अपहृत, दूरीकृत, हटाया गया; न्यारा, अलग, परे (*cousin once ~*)।

remover n. अपसारक, दूरीकर्ता, अपनेता, अपहर्ता, निराकरण करनेवाला; पदच्युत करनेवाला, बर्खास्त करनेवाला; स्थानपरिवर्तक, जगह बदलनेवाला।

remplissage n. व्यर्थ पदार्थ, फालतू चीज, भरतीका माल।

remunerability n. परितोष्यता, परितोषणीयता, पुरस्कार्यता, पुरस्करणीयता, इनाम दिये जानेकी योग्यता; पारिश्रमिकदेयता, वृत्तिप्रदेयत, प्रतिफलप्रदेयता, प्रतिदेयता।

remunerable a. परितोष्य, परितोषणीय, पुरस्कार्य, पुरस्करणीय, इनाम देने लायक; पारिश्रमिकदेय, वृत्तिप्रदेय; प्रतिफलप्रदेय, प्रतिदेय; निष्कृतिप्रदेय; क्षतिपूर्य, क्षतिपूरणीय।

remunerate v.t. पुरस्कृत करना, परितोषित करना, पारितोषिक देना, पुरस्कार देना, इनाम देना; पारिश्रमिक देना, वृत्ति देना, वेतन देना, मजदूरी देना, मेहनताना देना; प्रतिफल देना, प्रतिदान देना; (श्रम आदिके लिए) निष्कृति देना, निष्क्रय देना, मावजा देना या जुटाना; क्षतिपूर्ति करना।

remuneration n. पुरस्कार, पारितोषिक, इनाम; वृत्ति, वेतन, पारिश्रमिक, मजदूरी; क्षतिपूर्ति, निष्क्रय, निष्कृति, प्रतिफल, बदला, मावजा, पलटा।

remunerative, remuneratory aa. परितोषद, लाभकारी (*~ job*); पुरस्कारी, पारितोषिक-विषयक, पुरस्कार-सम्बन्धी; प्रतिदानात्मक, वृत्तीय, वेतन-विषयक, पारिश्रमिक-सम्बन्धी; क्षतिपूर्ति-विषयक, निष्कृति-सम्बन्धी।

remunerativeness n. परितोषदता, लाभकारिता; पुरस्कारप्रदता; पारिश्रमिकता; प्रतिफल, प्रतिदान।

remunerator n. पुरस्कर्ता, परितोष्टा, इनाम देनेवाला; पारिश्रमिकदाता, वृत्तिदाता, वेतन देनेवाला; क्षतिपूर्तिकर्ता।

remutation n. पूर्वावर्तन, पूर्वाकृतिग्रहण, पूर्वाकारग्रहण, पहलेकी आकृति ग्रहण करना।

renaissance n. नवयुग, नवजागरण, पुनर्जागृति, पुनरुद्धार, पुनरुत्थान (*~ painters, architecture*)।

renal a. वृक्क्य, वृक्कीय, वृक्क-, मूत्राशय-विषयक, मूत्रग्रन्थि-सम्बन्धी, गुर्देका (*~ artery, disease*); कटि-सम्बन्धी।

renard n. = FOX.

renascence n. पुनर्जन्म, पुनर्जनन, पुनरभ्युदय, पुनरुद्भव, पुनरुत्पत्ति, नवीकरण; दे० RENAISSANCE.

renascent a. नवजात, पुनर्जात, पुनरुत्पन्न, पुनरुद्भूत; पुनरभ्युदीयमान, फिरसे पैदा होनेवाला।

rencontre, rencounter nn. द्वन्द्व, संघट्ट, मुठभेड़, टक्कर, भिड़ाव, झड़प, भिड़न्त, अचानक भेंट।

rend v.t. & i. (*away, from, off, out of, asunder* के साथ) विदीर्ण करना, छिन्न-भिन्न करना, भेदन करना, विच्छिन्न करना, चीरना, फाड़ना, बिखेरना, खण्ड खण्ड करना, अलग-अलग करना; विदीर्ण होना, छिन्न होना इत्यादि; *~ laths* तख्ते चीरकर फट्टे बनाना; *~ one's garments, hair* शोक आदिके लक्षण धारण करना; *turn and ~ one* (ला०) निर्भर्त्सना करना, भर्त्सना करना, टूट पड़ना, बुरा-भला कहना, गालियाँ बकने लगना।

render[1] n. विदारक, भेदक आदि क्रियागत अर्थोंमें; (कानून; अपनेसे श्रेष्ठको किसान द्वारा प्रतिकारमें दिया

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

हुआ) धन, वस्तु, सेवा; प्रतिदान, प्रतिवस्तु, प्रतिसेवा; ~-set n. & v.t. दोहरी पोताई (करना), दोहरा लेप (करना)।

render[2] v.t. प्रत्यर्पित करना, पुनः प्रदान करना, समर्पित करना, सौंपना, त्यागना, देना (*to ~ account*); छोड़ देना; चुकाना, अदा करना, भरना, पूरा करना; (उपायन, भेंट इत्यादि) करना; क्षतिपूर्ति करना, फेर देना; करना, बजा लाना (जैसे, *~ services*); अनुवाद करना, अनुकथन करना, पुनः चित्रण करना, दोबारा उपस्थित करना; अभिनय करना; (कर्म और पूरकके साथ) परिणत करना, बदलना, बनना, बनाना; प्रतिकार करना, प्रतिदान करना, फेरना, बदलेमें देना, वापस करना; (वसा) पिघलाना, पिघलाकर निकालना; परिष्कार करना, शुद्ध करना, साफ करना; (पत्थर या ईंटपर) पहला लेप चढ़ाना, नया पलस्तर करना।

renderable a. प्रत्यर्प्य, पुनःप्रदेय, समर्प्य, सौंपने योग्य, त्यागने योग्य, छोड़ देने योग्य; अदा करने लायक, भरने योग्य; क्षतिपूर्य; अनुवाद्य, अनुवाद करने योग्य; अभिनेय; प्रतिवर्त्य, बदलने योग्य; प्रतिकार्य, प्रतिदेय, वापस करने योग्य; परिष्कार्य, शुद्ध करने योग्य।

rendered a. सम्पादित, की हुई (जैसे; *~ services*)।

renderer n. प्रत्यर्पयिता, पुनःप्रदाता, समर्पयिता, सौंपनेवाला, त्यागनेवाला; अदा करनेवाला, भरनेवाला; क्षतिपूरक; अनुवादक; अभिनेता; परिवर्तक, बदलनेवाला; प्रतिकर्ता, प्रतिदाता, वापस करनेवाला; परिष्कर्ता, शुद्ध करनेवाला।

rendering n. प्रतिपादन; समर्पण; चित्रण; अनुवाद, उल्था।

rendezvous[1] n. (*place of ~*) संकेतस्थान, सम्मिलन-स्थान, समागम-स्थान, निर्दिष्ट मिलनस्थान; अड्डा (विशे० सैन्य या पोतोंका); सार्वजनिक विश्राम-स्थान, विनोदस्थल।

rendezvous[2] v. i. अड्डे या सार्वजनिक विनोदस्थलमें मिलना।

rendition n. अध्यर्पण, प्रदान, देना; अनुवाद, उल्था।

renegade[1], **renegado** nn. धर्मत्यागी, मत-परिवर्तक; स्वपक्ष-त्यागी; भगोड़ा।

renegade[2] v. i. धर्म-परिवर्तन करना, मत-परिवर्तन करना, स्वपक्ष-परित्याग करना।

renegation n. धर्मत्याग, मत-परिवर्तन, पक्षत्याग।

renege[1] n. परिगमन, परिभ्रमण, अभिगमन, चारों ओर चक्कर।

renege[2] v. i. परिगमन करना, परिभ्रमण करना, अभिगमन करना, चारों ओर चक्कर लगाना, घूमना।

reneg(u)e v.t. & i. (ताशके पत्ते) खण्डन करना, काटना; हटाना, वापस लेना; (प्रा०) अस्वीकार करना, त्यागना, परित्याग करना, छोड़ देना, इनकार करना।

renew v.t. & i. नूतन करना, अभिनव बनाना, नवीकरण करना, नया बनाना; यथापूर्व करना, मौलिक रूप देना, पूर्वावस्थामें लाना; पुनरुज्जीवित करना, पुनरुत्थान करना, नया जीवन देना; पुनः सतेज करना, पुनः तेज सन्निविष्ट करना; नवशक्ति प्रदान करना; स्थानापन्न करना, परिवर्तित करना, बदलना; मरम्मत करना, जोड़ लगाना; सृजन करना, निर्माण करना; पुनः आरम्भ करना या होना, प्रारम्भ करना, शुरू करना (*~ attack, efforts*); विरामके अनन्तर पुनः चल पड़ना; (पट्टा या देयपत्र) नया कर देना, बदल देना, फिरसे चालू कर देना; नवजीवन धारण करना, फिरसे नया होना (*feel my youth ~ing*)।

renewability n. नवीकरणीयता।

renewable a. नवीकरणीय, नया करने या होने योग्य, मरम्मत करने योग्य, मरम्मततलब; बदलने लायक; ताजा करने लायक।

renewal n. नवीकरण, पुनर्नवीकरण, नूतनीकरण, नवीनीकरण, पुनरभ्युत्थान, उद्धार।

renewed a. नवीकृत, पुनर्नवीकृत, नवीनीकृत, फिरसे नया किया हुआ (*~ life, energy, tyres*)।

renewer n. नूतनकर्ता, अभिनवकर्ता; मौलिकरूपदाता; पुनरुज्जीवक, पुनरुत्थाता, नवशक्तिप्रदाता, स्थानापन्न होनेवाला; स्रष्टा, सर्जक, निर्माणकर्ता।

renidification n. नवनीड़न, नवनीड़रचना, अभिनव-नीड़-निर्माण, नये घोंसलेकी बनावट।

renidify v. i. नव नीड़ रचना, अभिनव नीड़ निर्माण करना, नया घोंसला बनाना।

reniform a. वृक्काकार, मूत्रग्रन्थि-सदृश, मूत्राशयाकार।

renitence, -cy nn. प्रतिरोध, आड़, रुकावट, रोक।

renitent a. (निपीड या दबाव का) रोधी, प्रतिरोधी, रोधक, अवरोधक, रोकनेवाला।

rennet[1] n. वत्सातंच, जामन (दूध पीनेवाले बछड़ेके पेटमें मिलनेवाला) जमा हुआ दूध; (पौधोंसे प्राप्त) जामनचूर्ण, रैनेट।

rennet[2] n. रेगिस्तानी सेब।

renounce[1] n. (ताशमें) बदरंग खेल, दूसरे रंगके पत्तोंका खेल; बदरंग खेलका दाँव।

renounce[2] v.t. & i. त्यागना, परित्याग करना, उत्सर्ग करना, छोड़ देना; अस्वीकार करना, मनाही करना, न मानना; सम्बन्ध-विच्छेद करना, सम्बन्धसे इनकार करना; समाप्त करना; लौटा देना, वापस कर देना; (कानून) अधिकार अस्वीकार करना, स्वत्व या वाद त्यागना; विरक्त होना (जैसे, *~ the world*); (ताश०) बदरंग चाल चलना।

renouncement n. त्याग, परित्याग, उत्सर्ग; संन्यास, वैराग्य।

renouncer n. त्यागी, परित्यागी, उत्सर्जक; संन्यासी, विरागी।

renovate v.t. नवीभूत करना, नूतन करना, अभिनव रूप देना, फिरसे नया बनाना, मरम्मत करना; अच्छी अवस्था या शक्तिमें पहुँचाना।

renovation n. नवीकरण, नूतनीभाव, पुनर्नवता,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

दोबारा नयापन, ताजगी ।

renovator n. नवीकर्ता, पुनर्नवता प्रदान करनेवाला ।

renown n. यश, ख्याति, विख्याति, प्रख्याति, कीर्ति, श्रेष्ठता, वैशिष्ट्य, प्रतिष्ठा, गौरव, गरिमा, विश्रुति, प्रसिद्धि, नाम, नामवरी (*man, town, of* ~) ।

renowned a. प्रख्यात, विख्यात, विश्रुत, प्रथित, प्रसिद्ध, लब्धप्रतिष्ठ, यशस्वी, कीर्तिशाली, नामी, नामवर, मशहूर ।

rent[1] REND का भूत० कृदन्त; विदीर्ण ।

rent[2] n. (फटे हुए वस्त्र या बादल आदिका) छिद्र, रन्ध्र, चीर, दरार, फटन, फटाव, कटन, कटाव; दर्रा, घाटी ।

rent[3] n. भूमिकर, कर, लगान, भाटक, भाड़ा, किराया ⊙; ~-free भाटकमुक्त, बिना किराया; ~-roll आययोग, जमाबन्दी; ~-service (लगानके बदले) वैयक्तिक सेवा, बेगार;

~ assessed, ~ card, ~-charge, ~ collection, ~ collector, ~ control, ~ court, ~-day, ~ decree, ~ due, ~-free concession, ~-free grant, ~-free holding, ~-free land, ~-free occupant, ~-free quarters, ~ ledger, ~ liability, ~ money-orders, ~-paying class, ~-paying residential buildings, ~-reduction operation, ~ section, ~ settling, ~ suit.

rent[4] v.t. & i. (लगान या भाड़ा देकर) अधिकार करना, उपभोग करना; लगानपर देना, भाड़ेपर उठाना; लगान तै करना, भाड़ा तै करना, किराया लगाना (~*s his tenants low*) ।

rentable a. भाड़ेके योग्य, किरायेपर उठनेके काबिल, भाड़े या लगानपर दिये जाने योग्य ।

rental[1] n. भाटक-राशि; भाड़ेकी आय, किरायेकी आमदनी; मालगुजारीकी आमदनी; चन्दा ⊙ ।

rental[2] a. भाटक-, किरायेका (~ *assessment, value*) ।

rente n. (भाड़े या लगानसे वसूल होनेवाली) वार्षिक आय, सालाना किराया ।

rented a. किरायेका (~ *house*) ।

renter[1] n. (विशे० चलचित्र व्यवसायका थोक व्यापारी), किरायेदार, असामी, पट्टेदार ।

renter[2] v.t. (जोड़कर) सीना, बखिया लगाना ।

rentier n. (भाड़े या लगानकी) वार्षिक आय पानेवाला, सालाना आमदनीवाला ।

renuent a. (श० र० शा०) पश्चशिरश्चालक, पीछेकी ओर सिर करनेवाला, गला कसनेवाला (पुट्ठा) ।

renule n. लघुवृक्क, छोटा गुर्दा ।

renumber v.t. पुनःसंख्यांकित करना ।

renunciant १. a. प्रत्याख्यानीय, अस्वीकार-विषयक; संन्यास-विषयक, त्याग-सम्बन्धी; २. n. संन्यासी, विरागी ।

renunciation n. त्याग, परित्याग, विराग, विरक्ति, संन्यास; बलिदान, आत्मोत्सर्ग, स्वस्व-त्याग, परिहार, दस्तबरदारी; प्रत्याख्यान, प्रत्यादेश, अस्वीकृति, अस्वीकरण ।

renunciative, renunciatory aa. त्यागशील, त्याग-विषयक; संन्यास-सम्बन्धी, दस्तबरदारीका ।

renverse a. अधोशिर, अधोमुख, औंधा, उलटा ।

reoccupation n. पुनर्ग्रहण, पुनरधिकरण, दुबारा कब्जा ।

reoccupy v.t. पुनर्हस्तगत करना, पुनरधिकार करना, दुबारा कब्जा करना ।

reorganization n. पुनर्गठन, पुनःसंघटन, पुनर्व्यवस्थापन ।

reorganize v. पुनर्गठित करना, पुनःसंघटित करना, पुनःसंगठित करना, पुनर्व्यवस्थित करना ।

reorganizer n. पुनर्गठनकर्ता, पुनःसंगठनकर्ता ।

reorient[1] v.t. पुनः पूर्वाभिमुख करना, पुनः उन्नतिशील बनाना, फिरसे उठाना; संस्कार करना ।

reorient[2] a. उठता हुआ, फिर उठनेवाला ।

reorientation n. पूर्वाभिमुखीकरण, पूर्वाभिमुखता, उन्नतिशीलता; पुनर्निर्धारण, पुनरनुस्थापन; परिष्कार ।

rep[1] n. कण्ठस्थ पद्य, जबानी याद किया हुआ छन्द ।

rep[2] n. चरित्रहीन, चरित्रभ्रष्ट, दुश्चरित्र ।

repaid a. शोधित, परिशोधित, चुकाया हुआ, लौटाया हुआ, वापस किया हुआ; प्रतिकृत, प्रतिशोधित, प्रतिरोधित, बदलेमें लिया हुआ, जवाब दिया हुआ; क्षतिपूर्त, हानिपूर्त, प्रतिदत्त ।

repair[1] n. (प्रा०) आश्रय, शरण (*have* ~ *to*); सराय; जमाव (*a place of great* ~) ।

repair[2] v. i. आश्रय लेना, शरण लेना; जाना, पहुँचना; वापस लौटना समूहमें जाना, गोल बाँधकर चलना, झुण्डमें जाना ।

repair[3] n. जीर्ण-संस्कार, जीर्णोद्धार, सन्धान, सुधार, मरम्मत, दुरुस्ती; समागमस्थान; प्रतिकार, प्रतिविधान ।

repair[4] v.t. जीर्ण-संस्कार करना, प्रतिसंस्कृत करना, जीर्णोद्धार करना, मरम्मत करना, सुधारना, सँवारना; उपचार करना, चिकित्सा करना, इलाज करना; क्षतिपूर्ति करना; प्रतिकार करना ।

repairable a. संस्करणीय, जीर्णोद्धरणीय (~ *equipment*); प्रतिकरणीय, प्रतिसमाधेय, प्रतिविधेय, पूरणीय ।

repairer a. संस्कर्ता, संस्कारकारी, जीर्णसंस्कारक, जीर्णोद्धारक, मरम्मत करनेवाला; क्षतिपूर्ति करनेवाला ।

repand a. (वन०, जीववि०) ऊर्मिल, लहरियेदार (किनारेवाला) ।

reparable a. = REPAIRABLE.

reparation n. जीर्णसंस्कार, जीर्णोद्धार, नवसंस्कार, सुधार, मरम्मत, दुरुस्ती; निष्क्रय, निष्कृति, हानिपूरण, क्षतिपूर्ति; प्रतिकार, प्रतिविधान, प्रतिफल, हरजाना, बदला ।

reparative a. जीर्णसंस्कारक, जीर्णोद्धारक, नव-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

संस्कारक, क्षयनिवारक, क्षतिपूर्तिकारी।

reparatory a. जीर्णसंस्कारी, जीर्णोद्धारक, नवसंस्कारी, क्षयनिवारी, क्षतिपूर्तिकारी (*~ buds*)।

repartee[1] n. श्लेषगर्भित प्रत्युत्तर, प्रत्युत्पन्न उत्तर, व्यंग्योत्तर, हास्यमय उत्तर, निपुणोत्तर, क्षिप्रोत्तर, आशु उत्तर (*a storehouse of ~*)।

repartee[2] v. i. श्लेषगर्भित प्रत्युत्तर देना, प्रत्युत्पन्न उत्तर देना, व्यंग्योत्तर देना, हाजिरजवाब होना, मुँहपर जवाब सुनाना।

repartition v.t. पुनर्विभाजन करना, फिरसे बँटवारा करना।

repast n. आहार, भोज्य पदार्थ, भोजन, खाना।

repatriate[1] n. स्वदेश प्रत्यावर्तित व्यक्ति, स्वदेश भेजा हुआ आदमी।

repatriate[2] v.t. & i. स्वदेश प्रत्यावर्तित करना, जन्मभूमिमें पुनः प्रतिष्ठित करना, स्वदेश पहुँचाना, स्वदेश लौटाना, जन्मभूमि पहुँचना या वापस होना।

repatriation n. स्वदेशागमन, देशप्रत्यावर्तन।

repay v.t. & i. शोध करना, परिशोध करना, चुकाना, लौटाना, वापस करना; प्रतिकार करना, प्रतिशोध करना, प्रतिरोध करना, बदला लेना, जवाब देना; क्षतिपूर्ति करना, हानिपूर्ति करना, हरजानेमें देना, भरना; दिदान देना, प्रतिफल देना, पुनः प्रदान करना, भुगतान देना, दुबारा अदा करना।

repayable a. प्रतिदेय, शोध्य, परिशोध्य, पुनः प्रदेय, दुबारा देने योग्य।

repaying a. प्रतिशोध-विषयक।

repayment n. शोध, परिशोध, प्रतिदान, प्रतिशोधन, पुनःप्रदान, चुकौती।

repeal[1] n. निरसन, विखण्डन, खण्डन; नियमोल्लंघन, नियमलोप, कानून रद्द करना।

repeal[2] v.t. विखण्डित करना, खण्डित करना, काटना, तोड़ना; निरसित करना, निरसन करना, विलोपन करना, मिटाना, बदल देना, हटाना, रद्द करना; वापस करना।

repealability n. प्रत्याहरणीयता, खण्डनीयता, निरस्यता।

repealable a. प्रत्याहरणीय, खण्डनीय, काट्य।

repealed a. विखण्डित, निरसित (*~ act*)।

repealer n. विखण्डक, खण्डन करनेवाला, काटनेवाला।

repeat[1] n. (संगीत) आवृत्ति, पुनरावृत्ति, दुहराव; पुनरावृत्तिके लिए निर्धारित पदांश; पुनरावृत्ति-पदांश-सूचक चिह्न; (दीवालपर चिपकाये जानेवाले कागज आदिपर दोहराया हुआ) आधारचित्र, मूल प्रतिमा; (वाणिज्य) पहलेके समान भेजा हुआ नया माल; मालके लिए नयी आज्ञा।

repeat[2] v.t. & i. आवृत्ति करना, पुनरावृत्ति करना, दोहराना, (*~ action, attempt*); चित्रण करना, वर्णन करना; सूचना देना, समाचार देना, विवरण देना, रिपोर्ट देना; पाठ करना, उच्चारण करना, रटना; (घड़ी आदिके लिए निरपेक्ष) टुनटुनाना, गजर देना; (अस्त्र-शस्त्रोंका) बिना भरे कई बार चलाना; पुनरुपस्थित होना, पुनः-पुनः प्रकट होना, फिर-फिर होना, दुबारा घटित होना (*history ~s itself*)।

repeatable a. आवृत्ति-योग्य, पुनरावृत्ति-योग्य, दोहराने योग्य।

repeated a. आवृत्त, पुनरावृत्त, पुनः-पुनः कथित, पुनरुक्त, पुनः-पुनः कृत, बार-बार दुहराया गया (जैसे, *~ request, mistake*)।

repeater n. आवृत्तिकर्ता, प्रत्यावृत्तिकर्ता, दोहरानेवाला; बजनेवाली घड़ी, गजर देनेवाली घड़ी।

repeating a. आवर्ती, पुनरावर्ती, पुनः पुनः होनेवाला; गजर देनेवाली (*~ watch*)।

repel v.t. निवृत्त करना, निवारण करना, प्रतिरोध करना, अपास्त करना, अपासन करना, प्रतिकर्षण करना, विकर्षण करना, पीछे ढकेलना, हटाना (*~ attack, temptation*); विरोध करना; प्रतिषेध करना, अस्वीकार करना, न मानना; प्रतिषेधक होना, विरोधकर होना; अरुचि लाना; (किसीपर) मानसिक धारणा उत्पन्न करना।

repelled a. प्रतिकृत, निवृत्त।

repellency n. निवारकता, निरोधता निवारणक्षमता, प्रतिविधेयक्षमता, प्रतिषेधकता, विकर्षण; घृणास्पदता; उदासीनता, विरक्तिकरता; निवारणसिद्धान्त, निरोधसिद्धान्त।

repellent[1] n. प्रतीकार, प्रतिवारण; प्रतिवारक ओषधि।

repellent[2] a. निवारक, निरोधक, निवारणक्षम, प्रतिविधेयक्षम, प्रतिकारक, प्रतिसारक, प्रतिषेधक, विकर्षक; घृणास्पद; अरुचिकर, विरक्तिकर।

repeller n. निवारक, निरोधक, निवारणक्षम व्यक्ति या वस्तु, रोकनेवाला; घृण्य वस्तु।

repelling १. n. निवारण, प्रतिकर्षण, विकर्षण; २. a. निवारक, प्रतिकर्षी, विकर्षी; घृणाजनक।

repent[1] v.t. & i. अनुताप करना, परिताप करना, पश्चात्ताप करना, पछताना, खेद करना; अनुताप-प्रभावित होना, पश्चात्ताप-प्रभावित करना; दुःखके साथ स्मरण करना, शोकार्त होकर सोचना।

repent[2] a. (विशे० वन०) रेंगनेवाला, भूमिपर फैलनेवाला।

repentance n. अनुताप, परिताप, पश्चात्ताप, खेद, अनुशोक, पछतावा।

repentant a. अनुतप्त, परितप्त, पश्चात्तापयुक्त, खिन्न, जातानुशोक, शोकार्त, पछतावेसे भरा हुआ।

repenter n. पश्चात्तापी, अनुतप्त व्यक्ति, परितप्त मनुष्य, अनुशोकी।

repercussion n. प्रतिध्वनि, धमक, गमक, गूँज; प्रतिघात, प्रतिक्षेप, प्रतिप्रभाव, अप्रत्यक्ष प्रभाव, प्रतिक्रिया।

repercussive a. प्रतिध्वन्यात्मक, प्रतिक्रिया-सम्बन्धी।

repertoire n. = REPERTORY.

repertorial a. कोषभवन-विषयक, खजानेका, ट्रेजरीका;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

गोदामका, मालगुदामका ।

repertory n. कोषभवन, खजाना, ट्रेजरी; गोदाम, मालगुदाम (~ *system*) ।

repetend n. दशमिक अंक, दशमलवके पुनरावर्तक अंक; (पुनरावर्तक) शब्द, टेक ।

repetition n. पुनरुक्ति, पुनर्कथन, आवृत्ति, पुनरावृत्ति, द्विरावृत्ति, दोहराव; अनुकृति-चित्र, प्रतिरूप, प्रतिलिपि, नकल; (वाद्ययन्त्रके) शीघ्रतापूर्वक दुहरानेकी स्थिति ।

repetitional, repetitionary aa. पुनरावर्तनशील, बार-बार दुहराया जानेवाला ।

repetitious a. पुनरुक्त, पुनरावृत्त, द्विरावृत्त, दोहराया हुआ; अनुकृत, प्रतिरूपित, प्रतिलिपित, नकल किया हुआ ।

repetitive a. पुनरावृत्तिपूर्ण, आवृत्तिमय, पुनरावर्ती ।

repine v. i. व्यग्र होना, उत्तेजित होना, रोष करना, असन्तुष्ट होना, खिन्न होना, भनभनाना, झल्लाना, कुढ़ना, चिढ़ना, चिड़चिड़ाना; आपत्ति करना, ईर्ष्या करना, जलना; कोप करना, कुपित होना, क्षोभ करना, क्षुब्ध करना; विरक्त होना, उदास होना ।

repiner n. व्यग्र होनेवाला, उत्तेजित होनेवाला, रोष करनेवाला, असन्तुष्ट होनेवाला, खिन्न होनेवाला, भनभनानेवाला, झल्लानेवाला, कुढ़नेवाला, चिढ़नेवाला ।

repining १. n. मनस्ताप, अनुशोक, असन्तोष; २. a. क्षुब्ध, कुपित, असन्तुष्ट, विरक्त, झल्लानेवाला, कुढ़बुढ़ानेवाला ।

replace v.t. पुनः स्थापित करना, पूर्वस्थानमें रखना, अपनी जगह कायम करना; स्थानान्तरित करना; अधिकार च्युत किया जाना, पदभ्रष्ट किया जाना, अलग किया जाना; स्थानापन्न करना, स्थानपूर्ति करना, बदल देना; ढूँढ़ना, जुटाना; परिशोध करना ।

replaceable a. पुनःस्थाप्य, प्रतिस्थाप्य, पुनः स्थापनीय, पुनःसंस्थाप्य, पुनःस्थानान्तरणीय, बदलने योग्य ।

replaced a. प्रतिस्थापित, पुनःस्थापित ।

replacement n. प्रतिस्थापन; स्थानान्तरण (~ *licence*); अधिकारच्युति, पदभ्रंश; प्रतिवस्तु, बदलने वाली वस्तु, बदला ।

replacer n. प्रतिस्थापयिता, पुनः स्थापित करनेवाला ।

replacing n. प्रतिस्थापन (~ *cell*) ।

replenish v.t. परिपूर्ण करना, पुनरापूरित करना, फिरसे भरना, भरपूर करना ।

replenished a. पूर्ण, परिपूर्ण, लबालब, ठसाठस, भरा हुआ ।

replenisher n. आपूरक, परिपूरक, परिपूर्ण करनेवाला, भरनेवाला ।

replenishment n. पुनःपूर्ति, आपूर्ति, आपूरण, भराई; क्षतिपूर्ति ।

replete a. (*with* के साथ) आपूरित, परिपूर्ण, ठसा हुआ, कसा हुआ, भरपूर, भरा हुआ; अतिरंजित; पूर्ण प्रभावित; तृप्त, सन्तुष्ट, परिभुक्त, खूब अघाया हुआ ।

repleteness n. आपूरितता, परिपूर्त्ति, ठसा हुआ होना, कसा हुआ होना; अतिरंजितत्व, पूर्ण प्रभावितता; तृप्ति, सन्तोष, परिभुक्ति, खूब अघाना ।

repletion n. (प्रा० *full to* ~ में) पूर्णता, परिपूर्णता, परिपूर्तिः प्रचुरता, बहुतायत; तृप्ति ।

replevin n. प्रत्यापि, कुर्क माल प्राप्त करना ।

replevisor n. जमानत लेनेवाला, कुर्क माल छुड़ानेवाला ।

replevy v.t. जमानत देना, कुर्क माल छुड़ाना ।

replica n. (मूल कलाकार द्वारा स्वनिर्मित) प्रतिकृति, प्रतिरूप, प्रतिलिपि, प्रतिचित्र, नकल ।

replicant n. उत्तरवादी, प्रतिवादी ।

replicate[1] n. (सरगम सुरोंमेंसे) एक या अधिक निराली सुर ।

replicate[2] v.t. (क्वचित्) पुनरावृत्ति करना, दोहराना; प्रतिलिपि बनाना, नकल करना; पीछे मोड़ना ।

replicate[3] a. प्रतिकृत, प्रतिलिपित, दोहराया हुआ, दोहरा किया हुआ; (वन०) प्रतिवलित, अपने ऊपर मुड़ा हुआ या तह किया हुआ ।

replication n. प्रतिवलन, मोड़, घुमाव; प्रत्युत्तर, प्रतिवचन, उत्तर; (कानून) वादी द्वारा प्रतिवादीके तर्कका जवाब; प्रतिध्वनि, गूँज; पुनः प्रयोग, अभ्यावृत्ति; प्रतिलिपि, प्रतिकृति, अनुकृति, अनुछवि, नकल ।

replicative a. प्रतिवलित, मुड़ा हुआ, तह किया हुआ ।

replier n. उत्तरदाता, प्रत्युत्तरदाता, उत्तरप्रदाता ।

replum n. जरायु-ककाल, कूटपटा, खोल ।

reply[1] n. उत्तर, प्रत्युत्तर, प्रतिवचन, जवाब, उत्तरप्रदान; उत्तरपक्ष, प्रतिवाद (~ *plaint*); ~ *paid* (तार या पत्र) जवाबी ।

reply[2] v.t. & i. उत्तर देना, प्रत्युत्तर देना, जवाब देना, जवाबमें कहना (*rose to* ~ *for the ladies*) ।

repone v.t. पुनः नियुक्त करना, फिर नौकरीमें रखना; उत्तर देना, जवाब देना ।

report[1] n. जनश्रुति, जनचर्चा, लोकवार्ता, उपश्रुति, किंवदन्ती, लोकवाद, जनवाद, अफवाह (*mere* ~ *is not enough to go upon*); विश्रुति, यश, कीर्ति, ख्याति, प्रसिद्धि, नाम (जैसे, *things of good* ~); वृत्तान्त, विवरण, विज्ञापना, सूचना, प्रतिवेदन, रिपोर्ट; प्रतिवेदन-पत्र ।

report[2] v.t. & i. विवरण लाना, वृत्तान्त लाना, संवाद देना, सूचना देना, समाचार कहना, हाल बताना, खबर देना, जताना, आगाह करना; वर्णन करना, कहना, सुनाना, उपस्थित करना, दोहराना; प्रतिवेदित करना, प्रतिवेदन प्रेषित करना. विवरण लिखना, रिपोर्ट देना; (वक्तव्य आदिकी) रिपोर्ट तैयार करना; शब्द-प्रतिशब्द लिख लेना; *it is* ~*ed* कहा जाता है; ~ *yourself* समुपस्थित हो जाओ ।

reportable a. आवेद्य, निवेद्य, प्रतिवेद्य; वर्णनीय, कथनीय, विवरण देने योग्य ।

reportage n. (मुद्रणार्थ घटनाओंका) विवरण देनेकी विशेष शैली, रिपोर्ताज ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

reported a. आवेदित, प्रतिवेदित, निवेदित, सूचित, वर्णित, कहा हुआ।

reporter n. प्रतिवेदक; संवाददाता, संवादलेखक, वार्ताहर, विवरण देनेवाला, रिपोर्टर।

reporterism n. संवाददाता-व्यवसाय, संवादलेखक-व्यवसाय, वार्ताहर-व्यापार, रिपोर्टरका व्यवसाय; संवाददातृत्व, संवादलेखन, वार्ताहरता।

reporting n. प्रतिवेदन, आवेदन, निवेदन, सूचना, वर्णन;
~ agency, ~ areas, ~ authority, ~ officer, ~ station.

reportorial a. प्रतिवेदनात्मक, प्रतिवेदन-विषयक, आवेदन-विषयक, निवेदन-सम्बन्धी, सूचना-सम्बन्धी, वर्णन-सम्बन्धी।

reposal n. आश्वासन; विश्राम, आराम।

repose[1] n. श्रमापनोदन, विश्राम, विश्रान्ति; उपशम, शान्ति, प्रशान्ति, निवृत्ति, सुस्थिरता, चैन, ठहराव, अमन; विश्रामदायक प्रभाव; (कलामें) अनुरूपता, संयोग; व्यावहारिक निरुद्वेग।

repose[2] v.t. & i. शयन करना, अभिशयन करना, श्रमापनोदन करना, विश्राम करना, दम लेना, थकावट दूर करना, आराम करना; विश्राम देना, आराम पहुँचाना; अवलम्बित होना, भरोसा करना, किसीके सहारे स्थित होना *(the whole system ~s on fear)*; (किसीमें) विश्वास रखना, भरोसा रखना; (स्मरणशक्ति आदिके लिए) किसीकी यादमें रहना; रखना, सौंपना।

reposed a. प्रशान्त, सुस्थिर, स्थितप्रज्ञ।

reposedness n. प्रशान्तता, प्रशान्ति, सुस्थिरता, स्थितप्रज्ञता।

reposeful a. शान्तिपूर्ण, विश्राममय, विश्रामदायक।

reposit v.t. नियुक्त करना, निक्षिप्त करना, जमा करना, धरना, रखना।

reposition n. नियोग, निक्षेप, जमा करना।

repositor n. नियोक्ता, नियोजक, निक्षेप्ता, निक्षेपक, जमा करनेवाला।

repository n. भाण्ड, भाजन, पात्र; कोष, निधि, संग्रहालय, निक्षेपागार, अजायबघर, गोदाम, खजाना *(that person is a ~ of curious information)*; कब्र, कब्रिस्तान; आश्रय, आधार; रहस्य प्रतिग्राहक, गुप्त बातोंका पानेवाला।

repossess v.t. पुनरधिकृत करना, पुनर्हस्तगत करना, फिरसे प्राप्त करना, फिरसे कब्जेमें करना, फिरसे पाना।

repossession n. पुनराधिपत्य, पुनरधिकार, पुनर्ग्रहण।

repot v.t. (पौधेको) दूसरे गमलेमें रखना, गमला बदलना।

repousse[1] n. अलंकृत धातुपत्र।

repousse[2] a. उद्गत उद्भूत, अलंकृत, हथौड़ेसे उभड़ा हुआ।

repp, rep, reps nn. पर्देका कपड़ा, रेप।

repped a. रेप (कपड़े) के समान सतहवाला।

reprehend v.t. अनुयोग करना, दोषारोपण करना, दोष निकालना; निन्दा करना; निर्भर्त्सना करना, भर्त्सना करना, डाँटना, फटकारना, धिक्कारना, झिड़की देना।

reprehender n. अनुयोक्ता, दोषारोपयिता, दोषान्वेषक, निन्दक; निर्भर्त्सक, भर्त्सक, डाँटनेवाला, फटकारनेवाला, धिक्कारनेवाला, झिड़कनेवाला।

reprehensible a. अनुयोग्य, उपालभ्य, दोषारोप्य, दोष निकालने योग्य; निन्द्य, निर्भर्त्स्य, गर्हित, गर्हणीय, भर्त्सना करने योग्य, धिक्कार्य, डाँटने-फटकारने योग्य।

reprehensibleness n. अनुयोग्यता, दोषारोप्यता; निन्द्यता, निर्भर्त्स्यता, धिक्कार्यता, फटकारनेकी स्थिति।

reprehension n. अनुयोग, दोषारोप, उपालम्भ, कलंक; निन्दा, भर्त्सना, गर्हा, डाँट-फटकार, धिक्कार।

reprehensive a. अनुयुक्त, दोषारोपित, कलंकित; फटकारसे भरा हुआ, निन्दामें कहा गया।

reprehensory a. = REPREHENSIVE.

represent v.t. वर्णन करना, चित्रण करना, चित्र बनाना, प्रस्तुत करना, उपस्थापित करना *(am not what you ~ me to be)*; (समान रूपमें) समझा जाना, सादृश्यका काम देना; समझनेका प्रयत्न करना, मनमें बैठानेकी कोशिश करना; निरूपण करना, प्रतिरूपण करना, नमूना बनाना, नकल करना; (नाटक आदिका) अभिनय करना, रूप भरना, खेलना; संकेतमय बनाना; प्रतिरूप होना, सदृश होना, तुल्य होना; उस जैसा होना, नमूना बनना; स्थानापन्न होना, स्थानपूर्ति करना; अभिवेदन करना; प्रतिनिधान करना, प्रतिनिधित्व करना, प्रतिनिधि होना, प्रणिधि बनना; दावारा प्रस्तुत करना।

representability n. वर्णनीयता; अभिनेयता, प्रदर्शनीयता, चित्रणीयता।

representable a. वर्णनीय; अभिनेय, प्रतिदर्शनीय, चित्रणीय।

representation n. निरूपण, वर्णन, चित्रण; रूप, प्रतिकृति, प्रतिरूप, प्रतिमा, चित्र, प्रतिमूर्त्ति; प्रतिनिधित्व; स्वाँग, नाटक; अभिनय, प्रतिदर्शन; अभिवेदन, अभ्यावेदन, आवेदन, विज्ञापना, निवेदन; आवेदन-पत्र।

representational a. प्रतिरूप-विषयक, चित्रण-सम्बन्धी, वर्णनका; अभिनय-सम्बन्धी, प्रदर्शन-सम्बन्धी; प्रतिरूप-सम्बन्धी; अभ्यावेदनीय, आवेदनीय, निवेदन-विषयक।

representationism n. प्रतिबिम्बवाद, यह सिद्धान्त कि इन्द्रियों द्वारा अनुभूत जगत्में प्रथम अनुभूत विषय चेतनातीत विषयको प्रतिबिम्बित करता है।

representative[1] n. आदर्श, उदाहरण, बानगी, नमूना; साम्य, समरूपता, समानता, सादृश्य; प्रतिमूर्ति, प्रतिकृति; प्रतिपुरुष, प्रतिनिधि, कार्यवाहक; अभिकर्ता; स्थानापन्न, उत्तराधिकारी; प्रतिनिधिमण्डलका सहकारी।

representative[2]* a. प्रतिरूपक, प्रतिरूप-प्रदर्शक, आदर्शभूत, सादृश्य-प्रदर्शक, स्मरणात्मक; प्रतिनिधि-*, प्रतिनिधिस्वरूप *(~ data)*; निरूपक; (किसीके)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

चित्रणस्वरूप, संकेतस्वरूप (जैसे, *a group ~ of the theological virtues*); (मनमें) भाव उत्पन्न करनेवाला, विचार उपस्थित करनेवाला (जैसे, *imagination is a ~ faculty*); आदर्शभूत, बानगी-स्वरूप, नमूनेके रूपमें; प्रतिनिधि-संकुल, प्रतिनिधि-युक्त (जैसे, *~ chamber, house*)।

representativeness n. प्रतिरूपता, प्रत्याकृतित्व; प्रणिधित्व, प्रतिनिधित्व।

represented a. प्रतिनिहित, प्रतिनिधित्व किया हुआ।

representer n. प्रतिनिधि, कार्यकर्ता; अभिकर्ता, एजेण्ट; स्थानापन्न, उत्तराधिकारी।

representment n. वर्णन, चित्रण; अभिनय, प्रदर्शन; अभ्यावेदन, आवेदन, निवेदन।

repress v.t. निरोध करना, प्रतिरोध करना, दमन करना, दबाना, शमन करना, वशमें करना, अधिकारमें लाना, रोक रखना; विस्फोट रोकना, चटखने न देना; दंगा न करने देना, फसाद न होने देना।

represser n. अत्याचारी, दलित करनेवाला, पददलित करनेवाला, दबानेवाला; रोधक, अवरोधक, रोकनेवाला।

repressible a. दलनीय, पददलनीय, पददलित करने योग्य; रोधनीय, अवरोधनीय, रोकने योग्य।

repression n. (विशे० विषय-वासनाके लिए) शम, शमन, दम, निग्रह, नियन्त्रण, दमन, दबाव; निरोध, प्रतिरोध, रोक।

repressive a. शामक, निरोधक, निरोधी, निग्रहकारी, दमनकारी, दबानेवाला (*~ policy*)।

reprieval, reprieve[1] n. व्यवक्षेप, विश्राम, अवकाश, विराम, विरति, छुट्टी; दण्डविराम, प्रविलम्बन; (प्राणदण्ड क्षमा करने या उसमें हेर-फेर करनेके लिए) अधिकारपत्र, व्यवक्षेप-पत्र।

reprieve[2] v.t. (दण्डित व्यक्तिका) प्रविलम्बन करना, प्राणदण्ड रोकना, फाँसी स्थगित करना; विराम देना, विश्राम देना, अवकाश देना।

reprimand[1] n. (दोषके लिए) तीव्र अनुयोग, वाक्ताड़न, साधिकार निर्भर्त्सना, उपालम्भ; (अधिकारीकी हैसियतसे) झिड़की, डाँट-फटकार।

reprimand[2] v.t. तीव्र अनुयोग करना, वाक्ताड़न करना, साधिकार निर्भर्त्सना करना, डाँट-फटकार बताना, झिड़कना, फटकारना।

reprint[1] n. पुनर्मुद्रित लेख।

reprint[2] v.t. पुनर्मुद्रण करना, फिरसे छापना।

reprisal n. प्रतिपीड़न, प्रतियातन, प्रतिहिंसा, प्रतिविधान, प्रतिशोध, हरजाना, बदला; प्रत्यपहार, प्रत्यपहरण, प्रतिहरण, बलात्कार।

reprise n. (कानून) वार्षिक प्रदेय कर, अन्य वार्षिक देय धन; (क०) पुनः कार्यारम्भ; *beyond, besides, above, ~s* समग्र देय-प्रदानके अनन्तर।

reproach[1] n. लज्जास्पद वस्तु, अपमानसूचक वस्तु; कटुवचन, दुर्वचन, निन्दा, आनिन्दन, धिक्कार, गर्हा, तिरस्कार, झिड़की; परिवाद, बुराई; बदनामी; धिक्कृतावस्था, निन्दित स्थिति, तिरस्कृत दशा (जैसे, *live in ~ and ignominy*); भर्त्सना, दोषारोपण, कलंक (*the state of municipal roads is a ~ to civilization*); (pl.) (विशे० रोमन कैथोलिक ईसाइयोंमें) भर्त्सना-गीत, गुडफ्राइडेके दिन जनताके लिए ईसाके धिक्कारोंके अनुकरणमें किये हुए गान और अनुवचन; *term of ~* दुर्वचन, कटुवचन, भर्त्सनापूर्ण शब्द, निन्दाका शब्द।

reproach[2] v.t. निर्भर्त्सन करना, भर्त्सना करना, तिरस्कार करना, धिक्कार करना, धिक्कारना, बुरा-भला कहना; निन्दा करना, आनिन्दित करना; भर्त्सना सूचित करना (*his eyes ~ me*)।

reproachable a. निन्दार्ह, धिक्कारने योग्य।

reproachableness n. निन्दार्हता, निर्भर्त्स्यता।

reproacher n. निन्दक, निर्भर्त्सक, फटकारनेवाला।

reproachful a. निन्दामय, भर्त्सनापूर्ण, परिवादात्मक, गर्हित, लज्जाजनक।

reproachfulness n. निन्दनीयता, भर्त्सनीयता, लज्जापूर्णता, तिरस्कार।

reproachless a. निर्दोष, निष्कलंक, निन्दारहित।

reprobacy n. परित्यक्तावस्था।

reprobate[1] v.t. निरनुमोदन करना, अस्वीकार करना, अग्राह्य ठहराना; निन्दा करना, दोष देना, बुरा बताना; (ईश्वरका मनुष्यको) मुक्ति न देना, त्याग देना, मुक्तिसे परे करना।

reprobate[2] a. & n. ईश्वर-परित्यक्त (व्यक्ति), पापी, पापिष्ठ, अधम या नीच पुरुष, दुराचारी, दुर्वृत्त, आचार-हीन, भ्रष्ट, दुष्ट, दुश्शील, धिक्कृत, बदमाश, गुण्डा, लुच्चा।

reprobation n. निरनुमोदन, अस्वीकृति, परित्याग; गर्हा, धिक्कार; दुष्टता, दुश्शीलता।

reprobationer n. अस्वीकर्ता, परित्यागी।

reprobatory a. अस्वीकृति-विषयक, परित्याग-सम्बन्धी; धिक्कारात्मक।

reproduce v.t. & i. पुनरुत्पादन करना; प्रतिकृति तैयार करना, प्रतिलिपि बनाना; पुनः प्रस्तुत करना; सन्तान उत्पन्न करना; पुनर्गठन करना; उद्धृत करना, उदाहरण देना।

reproduced a. पुनरुत्पादित; उद्धृत।

reproducer n. पुनरुत्पादक; प्रतिकृतिकार, प्रतिलिपिकार; पुनः प्रस्तोता; सन्तान उत्पन्न करनेवाला; पुनर्गठन करनेवाला; उद्धृत करनेवाला, उदाहरण देनेवाला।

reproducible a. पुनरुत्पादनीय, प्रतिकृति योग्य; सन्तानोत्पत्ति योग्य।

reproduction n. प्रत्युत्पत्ति, पुनर्जनन, पुनरुत्पादन; प्रजनन, सन्तानोत्पत्ति; प्रतिरूप, मूर्ति, प्रतिकृति (*~ office*); तथाकथन, पुनः प्रस्तुतीकरण; *~ rate* जनन-दर।

reproductive a. पुनरुत्पादी, पुनरुत्पादक, फिरसे

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

पैदा करनेवाला; ~ organ जननेन्द्रिय; ~ power प्रजनन-शक्ति।

reproductiveness n. पुनरुत्पादिता, पुनरुत्पादकता, फिरसे पैदा करनेकी स्थिति।

reproductivity n. REPRODUCTIVENESS.

reproductory a. प्रजनन-सम्बन्धी (~ *system*)।

reproof[1] n. निर्भर्त्सना, निन्दा, दोषारोपण, धिक्कार, झिड़की *(a word, glance, of ~)*।

reproof[2] v.t. (कोट आदिको) फिरसे जलरोधी बनाना।

reprovable a. निन्दार्ह, निन्दनीय।

reprovableness n. निन्द्यता, निन्दार्हता, निन्दा-योग्यता, निन्दनीयता।

reproval n. निन्दा, भर्त्सना, धिक्कार, झिड़की।

reprove v.t. भर्त्सना करना, निन्दा करना, कलंक मढ़ना, दोषारोपण करना, दोष लगाना, धिक्कारना, झिड़की देना।

reprover n. भर्त्सक, निर्भर्त्सक, निन्दक, कलंकित करनेवाला, दोषारोपण करनेवाला, धिक्कारनेवाला, झिड़की देनेवाला।

reptant a. रेंगनेवाला।

reptation n. सरीसरण, रेंगना।

reptatorial a. = REPTATORY.

reptatory a. रेंगनेवाला।

reptile[1] n. सरीसृप, भुजंगम, सर्प, रेंगनेवाला, पेटके बल चलनेवाला जीव, (जन्तुओंकी सरीसृप जाति)।

reptile[2] a. (जानवरोंके लिए) सर्पी, सर्पणशील, सरकनेवाला, रेंगनेवाला; पामर, नीच, कमीना।

Reptilia n. (जीववि०) सरीसृप, सरीसृप-वर्ग।

reptilian a. & n. सरीसृपका, रेंगनेवाले जन्तुका।

reptiliferous a. सर्पोत्पादी, साँपवाला।

reptilious, reptiliform aa. सरीसृपवत्, रेंगनेवाले जानवरके सदृश।

reptilivorous a. सरीसृपाशी, सरीसृपभुक्, सरीसृप-भक्षी, रेंगनेवाले पशुओंको खानेवाला।

republic n. गणराज्य, गणतन्त्र, लोकतन्त्र, प्रजातन्त्र; (ला०) सदस्योंमें पारस्परिक समता माननेवाले मनुष्यों या पशुओंका समाज; *the ~ of letters* साहित्य; साहित्यिक-वर्ग।

republican[1] n. गणतन्त्रवादी, लोकतन्त्र-समर्थक, प्रजाप्रभुत्ववादी; (पक्षि) सामाजिक, बड़े-बड़े समूहोंमें रहनेवाले; (R~) रिपब्लिक पार्टीका सदस्य ⊙।

republican[2] a. गणतन्त्रात्मक, लोकतन्त्रात्मक, प्रजातन्त्रीय, जनतन्त्रीय; प्रजावादी, प्रजातन्त्रवादी, प्रजातन्त्र-सम्बन्धी।

republicanism n. प्रजातन्त्रानुराग, प्रजातन्त्रवाद; गणतन्त्रात्मक शासनप्रणाली।

republicanize v.t. लोकराज बनाना, प्रजातन्त्रात्मक रूप देना, गणतन्त्रात्मक बनाना।

republish v.t. पुनः प्रकाशित करना, फिरसे छापना।

republished a. पुनः प्रकाशित।

repudiable a. प्रत्याख्येय, अस्वीकार्य, अस्वीकृत करने योग्य।

repudiate v.t. & i. विवाह-विच्छेद करना, सम्बन्ध-विच्छेद करना, तलाक देना; निराकरण करना, निकाल बाहर करना; अस्वीकार करना, अनंगीकार करना, अग्राह्य ठहराना, प्रत्याख्यान करना, खण्डन करना; त्याग देना, छोड़ देना, इनकार कर देना, नामंजूर करना; प्रभुत्व न मानना; (अधिकारीकी) आज्ञा न पालन करना; (कर्तव्य या ऋण) पूरा करना; (राज्यके लिए) लोकऋणको अस्वीकार करना।

repudiated a. प्रत्याख्यात, अस्वीकृत।

repudiation n. अस्वीकृति, प्रत्याख्यान, प्रत्यादेश, निराकरण; विवाह-विच्छेद, परित्याग।

repudiationist n. प्रत्याख्यान-समर्थक; लोकऋण अस्वीकृत करनेका समर्थक।

repudiator n. प्रत्याख्याता, अस्वीकर्ता, इनकार करनेवाला।

repugn v.t. & i. (क०) विरुद्ध होना, विरोध करना, विपरीत होना; सामना करना, मुकाबला करना; प्रतिकूल पड़ना, रुचिविरुद्ध पड़ना।

repugnance, -cy nn. (भावों, वक्तव्यों आदिमें) असंगति, विरोध, प्रतिकूलता, वैपरीत्य, प्रतीपता, असामंजस्य; असन्तोष; विरक्ति, विराग, घृणा, अनिच्छा, अरुचि, नापसन्दी।

repugnant a. विपरीत, विरुद्ध, प्रतिविरुद्ध, विमुख, प्रतिकूल, प्रतीप, विद्रोही; (किसीसे) असंगत, सामंजस्य-विहीन, अनमेल; (का०) अविनीत, दुराग्रही, अवरोधी, हठी; विरस, अप्रीतिकर, अरुचिकर।

repullulate v. i. (क्व०) पुनरंकुरित होना, फिरसे फूट पड़ना; (रोगका) फिर शुरू हो जाना।

repulse[1] n. प्रतिनिवृत्ति, पराजय, उखाड़, हार, भगदड़; प्रतिघात; अपसारण; प्रत्याख्यान, तिरस्कार।

repulse[2] v.t. प्रतिकृष्ट करना, विकर्षित करना; पराभूत कर देना, प्रतिनिवृत्त कर देना, पराजित कर देना, पैर उखाड़ देना, पिछाड़ देना, पीछे हटाना, पीछे ढकेलना, भगा देना; प्रतिघात करना, रोकना; प्रत्याख्यान करना, तिरस्कार करना; (प्रार्थना, भेंट या उसके करनेवालेको) अस्वीकृत कर देना।

repulsion n. प्रतिनिवृत्ति, पराजय, हार, उखाड़; प्रतिकर्षण, विकर्षण, अपकर्षण, निराकरण, अपसारण; प्रत्यावर्तन; प्रत्यादेश, प्रत्याख्यान, तिरस्कार; विरक्ति, विराग, घृणा, अरुचि, अनिच्छा।

repulsive a. निषेधक, प्रतिषेधक, विरोधक, संरोधक; (भौ०) अपकर्षक, विकर्षणशील, हटानेवाला; उदासीन, निरुत्साह, सहानुभूतिरहित; अप्रिय, घृणित, बीभत्स, विरक्तिकर, अरुचिकर, घृणोत्पादक, घृणाजनक, जुगुप्सामय, बुरा; अप्रीतिकर, अनुरागविहीन।

repulsiveness n. अप्रीतिकरता, अप्रसन्नता, अनुराग-विहीनता, उदासीनता, अरुचिकरता; घृणोत्पादकता, घृणाजनकता, जुगुप्सा, विरक्ति।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

repulsory a. = REPULSIVE.

repurchase[1] n. पुनः क्रय, दुबारा खरीद; पुनः क्रीत वस्तु, दुबारा खरीदी हुई चीज ।

repurchase[2] v.t. पुनः क्रय करना, दुबारा खरीदना ।

repurified a. पुनः शुद्ध, दुबारा शुद्ध किया हुआ ।

repurify v.t. पुनर्मार्जन करना, पुनः शुद्ध करना, फिर साफ करना ।

reputability n. प्रशंस्यता, सम्मान्यता, कीर्तिमत्ता, प्रतिष्ठा ।

reputable a. प्रशंस्य, प्रशंसनीय, सम्भ्रान्त, सम्मान्य, प्रतिष्ठित, लब्धप्रतिष्ठ, विख्यात, कीर्तिमान्, प्रसिद्ध, यशःशाली, नामी ।

reputableness n. = REPUTABILITY.

reputation n. लोकमत; सम्भ्रम, सम्मान, मर्यादा, ख्याति, विख्याति, विश्रुति, सुनाम, प्रसिद्धि, प्रतिष्ठा, गौरव, विशिष्टता, प्रशंसा, यश, कीर्ति, नामवरी, धाक (*has a ~ for integrity*) ।

reputative a. प्रसिद्ध, प्रसिद्धिप्राप्त, ख्यातिवान्, विख्यात ।

repute[1] n. सुख्याति, ख्याति, विख्याति, विश्रुति, प्रसिद्धि, प्रशंसा, यश, कीर्ति; गण्यता, मान्यता, प्रतिष्ठा ।

repute[2] v.t. गणना करना, गिनना, विचारना, सोचना, मानना, जानना, समझना; माना जाना, विचारा जाना, सोचा जाना, गिना जाना; गण्य-मान्य समझना ।

reputed a. विख्यात, ख्यात, सुख्यात, विश्रुत, प्रथित, सम्भ्रान्त, गण्य, मान्य, श्रद्धार्ह, प्रसिद्ध, सर्वज्ञात, नामी, नामवर, मशहूर (*~ character, person*) ।

request[1]* n. अनुरोध, प्रार्थना*, विनय, विनती, निवेदन, अभ्यर्थना, आवेदन, याचना; प्रार्थित वस्तु; *~ note* प्रार्थनापत्र; *by ~* व्यक्त इच्छाके अनुरूप, प्रार्थनाके जवाबमें ।

request[2] v.t. अनुरोध करना, प्रार्थना करना, विनय करना, विनती करना, निवेदन करना, अभ्यर्थना करना; माँगना ।

requester n. अनुरोधक, प्रार्थी, विनेता, अनुनेता, निवेदक, अभ्यर्थी ।

requiem n. (मृत व्यक्तिकी आत्माके शान्त्यर्थ गाया हुआ) मंगलगीत, शोकशान्ति ।

requirable a. आवश्यक, विनेय, प्रार्थ्य, चाहा जाने योग्य ।

require v.t. & i. आवश्यकता समझना, अपेक्षा रखना, अपेक्षित समझना, जरूरत समझना; आवश्यक होना, जरूरी होना, चाहना; आवश्यक शब्दोंमें व्यक्त करना, अधिकारपूर्वक दावा करना, माँगना ।

required a. आवश्यक, अपेक्षित, जरूरी (*~ standard*) ।

requirement n. अपेक्षा, आवश्यकता, माँग ।

requisite[1] n. अपेक्षित वस्तु या गुण, आवश्यक चीज या शर्त, माँग ।

requisite[2] a. अपेक्ष्य, आवश्यक, अपेक्षित, वांछित, जरूरी (*~ number, standard*); प्रयोजनीय ।

requisiteness n. अपेक्षा, वांछा, आवश्यकता, जरूरत ।

requisition[1] n. पत्र-गर्भित आश्वासन, लिखित प्रार्थना, लिखित अधियाचना, अर्थना, माँग; अपेक्षा (सैन्य-प्रदाय-हेतु नगरको दिया गया) आदेश; कामके लिए बुलाना, काममें लगाना, अधिग्रहण, छीनना; प्रयोग; *put in ~, call into ~* अवलम्बन करना, आश्रय लेना, सहारा लेना; *under ~* प्रयुक्त;

~ book, ~ form, ~ number, ~ register, ~ slip.

requisition[2] v.t. अर्थना करना, अधियाचना करना, माँग करना; (नगर आदिसे) सैन्य-सामग्री माँगना; प्रयुक्त करना; किसी अभिप्रायसे बुलाना ।

requisitioned a. अर्थित, अधियाचित; अधिग्रहीत ।

requisitionist, requisitor nn. अधियाचक, अर्थनाकारी, अर्थनाकर्ता, प्रार्थनाकारी, माँगनेवाला ।

requisitory a. अधिग्रहणात्मक, पत्रगत-आश्वासन-विषयक, लिखित प्रार्थना-विषयक, अधियाचना-सम्बन्धी, माँग-सम्बन्धी; अधिग्रहण-विषयक; प्रयोग-सम्बन्धी ।

requital a. प्रतिदान, पुरस्कार, प्रतिफल; प्रतिरोध, प्रतिशोध, बदला, वापसी ।

requite v.t. (सेवाका) प्रतिदान देना, पुरस्कार देना; (आघात, भूल आदिका) प्रतिशोध करना, परिशोध करना, प्रतिफल देना, बदला देना, चुकाना; (व्यक्तिको) लौटाना, वापस करना, फेरना ।

requiteless a. ऋणविमुक्त; प्रतिफलरहित, प्रतिशोध-शून्य, बिना बदलेका ।

rerebrace n. भुजत्राण, भुजकवच, बाँहोंका जिरह-बख्तर ।

reredos n. (वेदीके पीछे दीवालपर पड़ा हुआ) आवरण, पर्दा ।

resail v.t. & i. वापस खेना, पीछेकी ओर नाव या जहाज इत्यादि चलाना ।

rescind v.t. निराकरण करना, निरस्त करना, उत्सादित करना, अपखण्डन करना, विखण्डित करना, काट देना, रद्द करना, हटा देना ।

rescinded a. निराकृत, उत्सादित, अपखण्डित, निरस्त, आपरिवर्तित ।

rescission n. निरसन, अपखण्डन, खण्डन, निराकरण, उत्सादन, काट; विलोप, लोप ।

rescissory a. निराकरणकारी, रद्द कर देनेवाला (*~ action*) ।

rescript n. व्यवस्था, शासन, निदेश; राजनिर्णय, राजाज्ञा; पोप निर्णय, पोपका व्यवस्थापत्र; राजघोषणा, शाही फरमान; पुनर्लेख, पुनर्लेखन; लेखन-सामग्री; पाण्डुलिपि ।

rescuable a. त्राणीय, परित्राणीय, मुक्ति-योग्य, अपमोचनीय, निस्तारणीय, बचाने लायक ।

rescue[1] n. त्राण, परित्राण, उद्धार, विमुक्ति, अपमोचन,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

मोक्षण, रक्षण, निस्तार, बचाव; ~bid (ब्रिजके खेलमें) बचावका दाँव।

rescue[2] v.t. अपमोचन करना, बचाना; उद्धार करना, निस्तार करना, छुड़ा लेना।

rescuer n. उद्धारक, परित्राता, रक्षक, मोक्षक, मुक्तिदाता, छुटकारा देनेवाला, बचानेवाला।

research[1] n. शोध, अनुशीलन, तत्त्वपरीक्षण, पुनःपरिशीलन; अनुसन्धान, गवेषणा, समन्वेष, अन्वेषण, तलाश, छानबीन (*his ~es have been fruitful*);
~ assistant, ~ centre, ~ department, ~ guide, ~ institute, ~ laboratory, ~ officer, ~ scheme, ~ scholar, ~ section, ~ station, ~ student, ~ superintendent, ~ work, ~ worker.

research[2] v. i. अनुशीलन करना, अनुसन्धान करना, खोज करना, छानबीन करना, खोजना।

researcher n. शोधकर्ता, अन्वेषक, अनुसन्धानकर्ता, अनुशीलनकर्ता, खोज करनेवाला।

resect v.t. कर्तन करना, काट निकालना, काटकर निकाल फेंकना।

resection n. कर्तन, छेदन, काटकर निकालना, काटकर निकाल फेंकना।

resemblance n. सादृश्य, सदृशता, समरूपता, अनुरूपता, सारूप्य, अनुहार; प्रतिकृति, प्रतिरूप।

resemblant a. सदृश, तुल्य, समान, अनुरूप, मिलता-जुलता।

resemble v.t. सदृश होना, समरूप होना, अनुरूप होना, मिलना, मेल खाना; (प्रा० *to* के साथ) मिलाना, तुलना करना।

resembling a. अनुरूप, समान, अनुहारी, मिलता-जुलता, सदृश।

resent v.t. आक्रोश करना, क्रुद्ध होना, रोष प्रकट करना, बिगड़ना, बुरा मानना, नाराज हो जाना; प्रतिहिंसा चाहना, मनमें आघात बनाये रखना।

resenter n. आक्रोष्टा, क्रोधी व्यक्ति, रोषी व्यक्ति, बिगड़नेवाला आदमी, नाराज होनेवाला।

resentful a. आक्रोशी, आक्रोशशील, क्रोधी, रोषी, रोषपूर्ण।

resentive a. आक्रोशी, आक्रोशशील, रोषयुक्त, रोषशील, क्रोधशील, क्रोधी, क्रोधपूर्ण, नकचढ़ा, नाराजगीका।

resentment n. आक्रोश, अमर्ष, रोष, क्रोध, गुस्सा, नाराजगी।

reservable a. प्रारक्षणीय, भविष्यके लिए बचाने योग्य।

reservation n. प्रारक्षीकरण, रक्षण, आरक्षा, आरक्षिति, आरक्षण, पूर्वरक्षण, संरक्षण, आत्मनिग्रह, आत्मदमन, संयम, संकोच; (ईसा०, पादरीके रिक्त स्थानपर किसीको) मनोनीत करनेका अधिकार; (दूसरोंको दोषमुक्त करनेका बड़ोंका) रक्षित अधिकार; संचिति, संचय, संचयन; आरक्षित भूखण्ड ⊙; प्रतिबन्ध, बन्धन, रोक, शर्त; कैद; अपवाद; गोपन, अप्रकाश; पश्चाद्धारण; (रेलकी सीट इत्यादि) रिजर्व करना ⊙; mental ~ संकोच, मानसिक प्रतिबन्ध।

reserve[1] n. प्रारक्षित पदार्थ, रक्षित वस्तु, आरक्षित पदार्थ, अतिरिक्त संचय, अवशेष-संग्रह, बचत; संचिति, संचय (*has a great ~ of energy*); रक्षित-सैन्य; रक्षित सेनाका सैनिक, रिजर्व; (खेलोंमें) अतिरिक्त खिलाड़ी; आरक्षण, रक्षण, पूर्वरक्षण; रक्षित स्थान; (प्रदर्शनियोंमें) विशिष्ट पुरस्करण; आत्मसंयम, आत्मनिग्रह, आत्मनिरोध, संयम, निग्रह, सन्तुलन, अति परित्याग; मित-भाषण, संयत-भाषण, अल्प-भाषण, वाक्संयम, मौनावलम्बन, आलाप-विरक्ति, मौनभाव; अनुत्साह, हृदयहीनता; संकोच, अमिलन-शीलता, रुखाई, रूखापन; कपट, छल; संवरण, मनोगुप्ति, सत्यका स्वेच्छित गोपन; ~ fund आरक्षित निधि; ~ price नियत मूल्य; *without* ~ पूर्णतः, पूर्णरूपेण, पूरी तरहसे;
~ account, ~ bank, ~ capital, ~ collection, ~ command, ~ food, ~ forces, ~ forest, ~ fund, ~ leave, ~ product, ~ stock, ~ tissue.

reserve[2] v.t. प्रारक्षित करना, भविष्यके लिए बचा रखना; आधिपत्य सुरक्षित रखना, अधिकार रक्षित करना; पूर्वनिर्दिष्ट करना, नियत करना; (*for* के साथ) भाग्यमें लिखा होना।

reserved a. रक्षित, आरक्षित, पूर्वरक्षित, संचित, पहलेसे बचाया हुआ (*~ forest, price, seats*); गूढ़, गुप्त; मौन, अल्पभाषी, वाक्संयमी, मितभाषी; संकोची, लज्जाशील, शर्मीला; पश्चाद्धृत, रखा हुआ।

reservedness n. रक्षितत्व, आरक्षितता, संचितता; गुप्तता; मौनता, वाक्संयमिता, मितभाषिता; संकोचशीलता, लज्जाशीलता; पश्चाद्धृत।

reservist n. प्रत्याधृति, आरक्षित सैनिक।

reservoir[1] n. जलाशय, जलागार, जलाधार, सरोवर, पोखर, ताल; तरलाशय, आशय, कुण्ड, हौज; आश्रय; रक्षितपूर्ति, संचिति, संचय, संग्रह, भाण्डार, खजाना (जैसे, *~ of wisdom*); ~ pen मसिकोष-लेखनी।

reservoir[2] v.t. (जलाशय इत्यादिमें) एकत्र करना, संचित करना, जमा करना।

reset[1] n. (स्काट०) अपराधी-रक्षण, अपराधी-परिरक्षण, अपाश्रयण, अपराधीको शरण देना; चोरित वस्तु-ग्रहण; चोरीकी चीज।

reset[2] v.t. & i. अपाश्रित करना, अपराधीको शरण देना, अपहृत धन ग्रहण करना, चोरीका माल पाना।

re-set[3] v.t. (विशेष हीरे-जवाहरात) फिरसे जड़ना, फिरसे जमाना, ठीक करना।

resetter n. चोरित-वस्तु-ग्रहीता, चोरीका माल लेनेवाला।

resettle v.t. पुनः स्थापित करना, पुनः संस्थापन

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

करना, पुनर्व्यवस्था करना, नया प्रबन्ध करना, फिरसे बन्दोबस्त करना; (किसी स्थानको) नयी आबादीसे बसाना।

resettled a. पुनःस्थापित, पुनर्व्यवस्थापित, पुनर्निवासित।

resettlement n. पुनर्व्यवस्था; पुनर्वासन, पुनःस्थापन।

reshape v.t. नयी आकृति प्रदान करना।

reshuffle v.t. पुनर्घटित करना, आपरिवर्तित करना, फिरसे स्थान बदल देना; (विशे० ताशके पत्तोंको) उलट-पुलट देना, फेंटना।

reshuffling n. आपरिवर्तन, हेरफेर, उलट-पुलट।

reside v. i. वास करना, निवास करना, बसना, रहना, टिकना; निहित होना, न्यस्त होना; प्राप्त होना; (गुणोंका) अन्तर्निहित होना, विद्यमान होना, मौजूद होना।

residence n. वास, आवास, निवास *(honoured the place with her ~)*; वास-भूमि, वासस्थान, आवास-स्थान, निवासस्थान, घर, मकान; *take up* one's ~ रहना आरम्भ करना।

residency n. वासस्थान, वासामात्य भवन, वासामात्यपद, रेजीडेन्सी (भारतीय देशी राज्यमें गवर्नर जनरलके प्रतिनिधि रेजीडेण्टका सरकारी निवासस्थान)।

resident[1] n. अधिवासी, स्थायी निवासी, वासी, निवासी, बाशिन्दा, रहनेवाला; आवासी प्रतिनिधि, वासामात्य, रेजीडेण्ट; राजनैतिक अभिकर्ता, पोलिटिकल एजेण्ट।

resident[2] a. वासी, निवासी, वासकारी, अधिवासी; एकस्थानी, चिरवासी; (प्रायः *in* के साथ) केन्द्रित, अन्तर्निहित, स्थित, अन्तर्हित, निहित *(a right ~ in the nation)*;

~ account, ~ alien, ~ clerk, ~ co-sharer, ~ cultivator, ~ sub-divisions, ~ substitute, ~ surgeon, ~ surgical officer, tutor.

residenter n. (स्काट०) = RESIDENT.

residential a. वास-विषयक, आवास-विषयक, निवास-सम्बन्धी; वासभूमि-विषयक, वासस्थान-सम्बन्धी, आवास-स्थान-सम्बन्धी, निवास-स्थान-सम्बन्धी; अधिवासी-विषयक, स्थायी वासी-सम्बन्धी, बाशिन्देका, रहायशी; प्रत्युपराज-विषयक, वासामात्यका, रेजीडेण्टका; ~ house आवासगृह, रहायशी मकान।

residentiary[1] n. अधिवासी, स्थिरनिवासी; एकस्थानी पादरी।

residentiary[2] a. वासस्थानार्थ, सरकारी निवासार्थ; सरकारी निवाससे सम्बद्ध।

residentship n. रेजीडेण्टका पद।

resider n. वासी, अधिवासी, स्थायी निवासी, बाशिन्दा, बसनेवाला।

residual[1] n. शेष, अवशेष, अवशिष्टांश, अवशिष्ट राशि।

residual[2] a. (गणित) शेष, बाकी; शिष्ट, अवशिष्ट, बचा हुआ *(~ dispersion)*; (गणनाकी भूलके सम्बन्धमें) जिसका हिसाब न हुआ हो, जो रद्द न की गयी हो।

residuary a. शेषांश-सम्बन्धी, अवशिष्टांश-विषयक, अवशिष्टांशका; अवशिष्ट, शेष, बचा हुआ, रहा-सहा *(~ powers)*; जायदादके बाकी हिस्सेका।

residue n. शेष, अवशेष, बाकी, बचा-खुचा पदार्थ; अवशिष्ट सम्पत्ति, बाकी जायदाद।

residuent n. (कारखानोंमें) उप-उत्पादन, शेषोत्पादन, अवशेषोत्पादन, अवशिष्ट पदार्थसे दूसरी वस्तु बनाना।

residuous a. शेष, अवशिष्ट।

residuum n. (pl. *residua*) अवशेष, अवशिष्टांश; (गणना आदिमें) अज्ञात अन्तर, रोकड़ बाकी (जिसका हिसाब न मिलता हो); अन्त्यज, निम्नवर्गी, नीच लोग।

resign[1] v.t. & i. आत्मसमर्पण कर देना, आत्मोत्सर्ग कर देना; समर्पित कर देना, अर्पित कर देना, हस्तान्तरित करना, सुपुर्द करना, सौंपना, हवाले करना *(~ oneself to another's guidance)*; तिलांजलि देना, त्यागना, परित्यक्त कर देना, छोड़ देना; सन्तोष करना, अवस्थाके अनुकूल बनाना; सहना, सब्र करना; त्यागपत्र देना, पदत्याग करना, अलग होना, इस्तीफा देना।

re-sign[2] v.i. & t. पुनः हस्ताक्षर करना, दुबारा दस्तखत करना।

resignation n. समर्पण, अर्पण, उत्सर्ग, त्याग, अवरोधाभाव, पराक्षेप, परित्याग; त्यागपत्र; पदत्याग, इस्तीफा; आत्मसमर्पण, आत्मोत्सर्ग; तितिक्षा, वैराग्य, भाग्याश्रय, भाग्यवादिता, मौन भावसे कष्ट-सहन।

resigned a. समर्पित, उत्सृष्ट, छोड़ा हुआ; तितिक्षु, सन्तुष्ट, सन्तोषी, धीर, भाग्याश्रयी, भाग्यवादी, सहनशील; सधैर्य, धैर्ययुक्त, धैर्यवान्, धीर, गम्भीर; दूसरोंकी बात मान लेनेवाला।

resignee n. त्यागपत्र-आदाता, त्यागपत्र-ग्रहीता, त्यागपत्र लेनेवाला व्यक्ति।

resigner n. त्यागपत्र देनेवाला, इस्तीफा देनेवाला; भाग्यवादी, विरागी।

resile v. i. (लचनशील पिण्डोंका) तनकर सिकुड़ जाना, उभर आना; लचनशील होना, उभरने या सिकुड़ने योग्य होना; पीछे हटना।

resilience, -cy nn. सुनम्यता, लचनशीलता, लचीलापन; लचक, लोच; पश्चापसारिता, प्रत्यास्कन्दन, प्रत्यास्थान, उभरनेकी शक्ति, पलटा; पुनरुत्थान।

resilient a. सुनम्य, लचनशील, लचीला, लोचदार; पश्चादपसारी, प्रत्यास्कन्दक, प्रत्यास्थानक।

resin[1] n. सर्जास, उद्यास, रेजन, धूना, यक्षधूप, राल; (रासायनिक क्रिया द्वारा प्राप्त) धूप जैसे पदार्थ;

~ blaze, ~ canal, ~ cavity, ~ cerate, ~ channel, ~ distiller, ~ duct, ~ gall, ~ ointment, ~ opal, ~ passage, ~ plaster, ~ tapper, ~ tapping.

resin[2] v.t. धूना देना, राल मलना या लगाना।

resinaceous a. उद्यास-, उद्यासमय, उद्यासरूप, उद्यासवत्, राल-जैसा, रालका, राल-युक्त।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

resined a. उद्यासित, रालवाला ।

resinic a. सर्जासीय, उद्यास-विषयक, रेजन-विषयक, धूनेवाला, धूनेका, धूप-सम्बन्धी, रालका; सर्जासोत्पन्न, उद्यास-जनित, धूपसे पैदा हुआ, रालसे निकला हुआ ।

resiniferous a. सर्जासयुक्त, उद्यासयुक्त, रेजनयुक्त, धूनेवाला, धूप-युक्त, रालवाला; सर्जासोत्पादी, धूप पैदा करनेवाला, राल देनेवाला ।

resinification n. उद्यासयुक्त बनानेकी क्रिया ।

resiniform a. सर्जासवत्, उद्यास-सदृश, रेजन-सदृश, धूने-जैसा, धूप-जैसा, राल-जैसा ।

resinify v.t. & i. रालयुक्त बनाना या होना, राल बनाना या बनना ।

resinise v.t. राल मिलाना ।

resinoid a. & n. राद्यासाभ, राल-जैसा (पदार्थ), राल-जैसी (वस्तु) ।

resinosis n. उद्यास-स्राव, रालका असाधारण स्रवण ।

resinous a. उद्यास-, उद्यासमय, उद्यासरूप, उद्यासवत्, राल-जैसा, रालका, धूना-मिला ।

resinousness n. उद्यासमयता, उद्यासरूपता, उद्यासवत्ता, धूपयुक्तता, रालयुक्तता ।

resiny a. = RESINOUS.

resipiscence n. अनुभव, अनुभव-बुद्धि, अनुभव-ज्ञान, अनुभूति, संचित ज्ञान; दोष-स्वीकरण, त्रुटि-स्वीकरण, गलती मानना; अनुताप, पश्चात्ताप ।

resipiscent a. अनुभवी, अनुभव-बुद्धि-युक्त, संचित-ज्ञानयुक्त, अनुभूतिमय; पश्चात्तापपूर्ण ।

resist[1] n. रोध, रोधी मसाला ।

resist[2] v.t. & i. बाधा देना, प्रतिरोध करना, मार्गावरोध करना, गतिरोध करना, विरोध करना, खिलाफ होना, मुकाबला करना; निवारण करना, रोकना, दूर रखना; प्रवेश न करने देना, बाहर रखना; प्रभावित न होने देना; चोट न आने देना; सहन करना, रक्षा करना, बचाना; खण्डन करना, न मानना; बचना, दूर रहना (जैसे, *who can ~ God's will ?*); (किसीके विरुद्ध) प्रबल उद्योग करना, होड़ लगाना; सहमत न होना, बात माननेसे इनकार करना ।

resistance n. बाधा, प्रतिरोध, प्रतिघात, अवरोध, विरोध; प्रतिरोध-शक्ति, विरोधका बल; बाधा, व्यवधान, प्रतिष्टम्भ, रुकावट, रोक, रोड़ा, अड़ंगा; (विद्यु० चुम्ब०, ताप) रोध, अचालकता; (विद्युत् उपकरणका वह भाग जो धाराका नियमित प्रतिरोध करनेमें प्रयुक्त होता है), प्रतिरोधक; passive ~ सत्याग्रह, अहिंसात्मक विरोध, शान्तिपूर्ण विरोध; *take line of least ~* (ला०) सबसे सुगम मार्ग ग्रहण करना;

~ box, ~ bridge, ~ cell, ~ grid, ~ lamp, ~ overcome, ~ strip, ~ thermometer, ~ wire.

resistant[1] n. प्रतिरोधी, प्रतिरोधक व्यक्ति या वस्तु ।

resistant[2], **resistent**, **resistive** aa. रोधी, रोधक, प्रतिरोधी, प्रतिरोधनशील, प्रतिरोधकारी, निवारक, रोकनेवाला; तितिक्षु, सहिष्णु, सहनशील ।

resisted a. रुद्ध, अवरुद्ध, प्रतिरुद्ध ।

resistent a. (क्व०) = RESISTANT.

resister n. प्रतिरोधक, अवरोधक, रोधकर्ता, विरोधी; passive ~ सत्याग्रही, अहिंसात्मक प्रतिरोधी ।

resistibility n. रोध्यता, प्रतिरोध्यता, अवरोध्यता, प्रतिरोधनीयता; प्रतिरोध-शक्ति, सहनशीलता ।

resistible a. रौध्य, प्रतिरोध्य, प्रतिरोधनीय, प्रतिबाध्य, विरोध-योग्य, बाधा देने योग्य ।

resistive a. = RESISTANT.

resistivity n. रोधिता, रोधकता, प्रतिरोधकता, प्रतिरोधनशीलता, प्रतिरोधकारिता, निवारकता; तितिक्षा, सहिष्णुता, सहनशीलता ।

resistless a. (का०) अप्रतिरोधनीय, अप्रतिरोध्य, अनिवार्य, प्रतिरोधशून्य, विरोधरहित, बाधाशून्य, बेरोक; विवश ।

resistlessness n. अप्रतिरोधनीयता, अप्रतिरोध्यता, अनिवार्यता, प्रतिरोधशून्यता, विरोधराहित्य, बाधाशून्यता ।

resistor n. (विद्युत्०) रोधी यन्त्र, तरंग-रोधक ।

resolubility n. विगलनीयता, विघटनीयता, विश्लेष्यता, घुलनशीलता, घुलनेकी स्थिति ।

resoluble a. विगलनीय, विघटनीय, विश्लेष्य, घुलने योग्य ।

resolute a. कृतसंकल्प, दृढ़संकल्प, दृढ़प्रतिज्ञ, दृढ़निश्चय, स्थिरमति, स्थिर, दृढ़, अटल, अडिग, पक्का, कड़ा, हठी; साहसी, निर्भीक, जीवटका, हिम्मती, दिलेर ।

resolution n. (घटकोंमें) पृथक्करण, पृथग्दर्शन, विघटन, खण्डन, विश्लेषण, रूपान्तर, दूसरे रूपमें परिवर्तन, घटाव; (चिकि०) सहज आरोग्य; पीप आये बिना सूजनका लोप; (छ०; एक लम्बे शब्दांशके स्थानपर छोटे शब्दांशोंका) उपस्थापन, प्रतिस्थापन; (संगीत) असंगतिसे स्वर-संगतिकी रचना; शंका-समाधान, समस्याका निराकरण, प्रश्नका सुलझाव, सवालका हल; प्रस्ताव, संकल्प, निश्चय, संकल्पका विषय; स्थिर चित्त, दृढ़ चरित्र; दृढ़ता, दृढ़प्रतिज्ञता, दृढ़संकल्पता, इरादेकी कड़ाई ।

resolutioner n. प्रस्तावक, प्रस्ताव-सहयोगी, प्रस्ताव-भागी, प्रस्तावमें हिस्सा लेनेवाला ।

resolutive a. & n. विघटनकारी (लेप), विगलनीय (औषध), विगलनशील, विश्लेषणकारी (पदार्थ), घुलनेवाली (दवा); निर्णयकारी (~ *condition*) ।

resolvability n. विभेद्यता, विश्लेष्यता, विश्लेषणीयता, खण्डनीयता, द्रविता, विघटनीयता, विगलनशीलता; परिवर्तनीयता, रूपान्तरणीयता; समाधानार्हता, सुलझानेकी योग्यता; निश्चयार्हता ।

resolvable a. विभेद्य, विश्लेष्य, विश्लेषणीय, खण्डनीय; द्रावक, विघटनीय, विगलनीय, विगलनशील; परिवर्तनीय, रूपान्तरणीय, बदलने योग्य; समाधानार्ह, सुलझाने योग्य, हल करनेमें सहायक; निश्चयार्ह, इरादा करने लायक ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

resolve[1] n. संकल्प, दृढ़ निश्चय, प्रतिज्ञा, इरादा (*she kept her ~*); (का०) संकल्पशक्ति, दृढ़ता, अडिगपन (*a mind of high ~*)।

resolve[2] v.t. & i. निर्गलित होना, विगलित होना, विघटित होना, पिघलना, पिघलाना, घोलना, घुलना, गलाना, गलना, खोलना; विभेदन करना, विच्छेद करना, विश्लेषण करना, विघटित करना, व्यवच्छेद करना, खण्ड-खण्ड करना, टुकड़े-टुकड़े करना, छिन्न-भिन्न करना, पृथक् करना या होना; परिवर्तित करना या होना, रूपान्तरित करना या होना, बदलना; (संगीत) सस्वर बनना, सुर मिलाना, सुरीला होना; समाधान करना, स्पष्ट करना, सुलझाना, हल करना, साफ करना (*the problem of its origin is still to be ~d*); व्याख्या करना, मीमांसा करना; मनस्थ करना, दृढ़ निश्चय करना, संकल्प करना; प्रस्ताव करना, ठान लेना, इरादा करना, ठानना, ठहराना; (विधानसभा इत्यादिका) पारित करना; (परिस्थितियों आदिका किसी व्यक्तिको कार्य करनेके लिए) कटिबद्ध करना।

resolved a. द्रवित, विगलित, विघटित, विश्लिष्ट (*~ element*); प्रस्तावित; पारित; स्थिर, दृढ़, दृढ़प्रतिज्ञ, संकल्पित।

resolvedness n. द्रवितत्व, विगलितत्व, विघटितत्व, विश्लिष्टता; प्रस्तावितता, पारितता; स्थिरता, दृढ़ता, दृढ़-प्रतिज्ञा, संकल्प।

resolvent[1] n. विघटनकारी पदार्थ; शोथहर औषध या लेप।

resolvent[2] a. शोथहर; विघटनकारी, विश्लेषक, खण्ड-खण्ड करनेवाला, अलग-अलग करनेवाला; गलाऊ, घुलाऊ।

resolver n. निर्गलक, विगलक, विघटयिता; विभेत्ता, विच्छेत्ता, विश्लेषक, खण्ड-खण्ड करनेवाला; व्याख्याकार, मीमांसाकार; हल करनेवाला, साफ करनेवाला; निश्चेता, संकल्पक; प्रस्तावक।

resolving a. विघटन-, विघटनकारी (*~ power*)।

resonance n. अनुनाद, प्रतिनाद, प्रतिध्वनि, प्रतिस्वन, प्रतिस्वनिता, गूँज, गमक, झंकार।

resonant a. अनुनादी, प्रतिस्वनी (*~ recorder*); अनुनादित, प्रतिध्वनित, प्रतिनादित, शब्दायमान, गुंजित, मुखरित, गूँजनेवाला, झंकारभरा, गमकदार।

resonate v. i. अनुनादित होना, ध्वनित होना, झंकृत होना, कम्पित होना, प्रतिस्वनित होना, मुखरित होना, गूँजना।

resonator n. अनुनादक, प्रतिस्वनक; अनुनादक यन्त्र, (ध्वनियोंको अनुनाद प्रदान करनेका साधन)।

resorb v.t. निगल जाना, गटक जाना, लीलना; पुनः ग्रहण करना, फिरसे सोखना, फिरसे खपा लेना।

resorbent a. पुनःग्राहक, संचूषक, फिरसे सोखनेवाला, फिरसे खपालेनेवाला।

resorcin n. शेयास, रंगका गोंद।

resorption n. पुनर्ग्रहण, पुनश्चूषण, फिरसे सोखना, फिरसे खपा लेना।

resorptive a. पुनर्ग्रहणात्मक, पुनर्ग्रहण-विषयक, फिरसे सोखनेका, पुकर्चूषी, चूषणशील, पुनर्ग्राहक, फिरसे खपा लेनेवाला, पुनः सोखनेवाला।

resort[1] n. आश्रय, अवलम्ब, शरण; उपाय, युक्ति, साधन, मार्ग, चारा, रास्ता; समागम, गमनागमन; गमनस्थान, समागमस्थान; स्थान (*health, holiday, ~*); जमघट, भीड़; गीत; *in the last ~* अन्तिम प्रयत्नके रूपमें।

resort[2] v. i. आश्रय लेना, अवलम्बित होना, शरण लेना, सहायता लेना, आसरा लेना, सहारा लेना, काम लेना, मदद चाहना; बड़ी संख्यामें जाना; आना-जाना; प्रयोग करना, लगाना।

re-sort[3] v.t. दुबारा छाँटना, फिरसे बीनना या चुनना।

resorter n. आश्रयी, अवलम्बी, शरणार्थी, आसरा लेनेवाला, सहारा लेनेवाला, काम लेनेवाला।

resound v. i. & t. प्रतिध्वनित होना, प्रतिनादित होना, अनुनादित होना, गूँजना; स्थानको ध्वनित करना, आवाजसे भर देना; प्रतिध्वनि उत्पन्न करना, गूँज पैदा करना; यशोविस्तार करना, कीर्तिप्रसार करना, प्रसिद्धि फैलाना, मशहूर कर देना; (ख्याति या घटनाकी) चर्चा होना, फैलना; हलचल फैलाना, धूम मचाना, सनसनी पैदा करना; (उच्चस्वरमें) पुनरावृत्ति करना, दुहराना।

resounding a. प्रतिध्वनिशील, प्रतिनादी, अनुनादी, गूँजनेवाला, आवाजसे भर देनेवाला; यशोविस्तारक, कीर्तिप्रसारक, प्रसिद्धि फैलानेवाला, मशहूर करनेवाला; धूम मचानेवाला, सनसनी पैदा करनेवाला।

resource n. (pl.; देशके सामूहिक) साधन, संसाधन, साधन-स्रोत, स्रोत, उपाय, गति, मार्ग, चारा, रास्ता; धन, विभव, सम्पत्ति, द्रव्य, सामग्री; (अव क०) सहायताकी सम्भावना, सहारेकी आशा; कालक्षेपका उपाय, समय काटनेका साधन, अवकाशका काम; कल्पनाशक्ति, कुशाग्र बुद्धि, व्युत्पन्न मति, उद्योग बुद्धि, हाजिरदिमाग।

resourceful a. साधन-सम्पन्न; उद्योगी, उद्योगशील; युक्तिपूर्ण; व्युत्पन्नमति, उद्योगबुद्धिवाला, सूझबूझवाला, हाजिर-दिमाग।

resourcefulness n. साधनसम्पन्नता; युक्तिपूर्णता, उद्योगशीलता; प्रत्युत्पन्नमतित्व, व्युत्पन्न मति, उद्योग बुद्धि, सूझबूझ, हाजिरजवाबी।

resourceless a. असहाय, निराश्रय, साधनशून्य, साधनहीन; युक्तिहीन, उद्योगरहित; अवकाशकार्यरहित; उद्योगबुद्धिहीन, बिना सूझबूझका।

resourcelessness n. साधनशून्यता, साधनहीनता; युक्तिहीनता, यत्नाभाव, उद्योगाभाव; अवकाशशून्यता; उद्योगबुद्धिहीनता, सूझबूझकी कमी।

respeak v. i. & t. प्रतिध्वनित होना, प्रतिवादित होना, अनुवादित होना, गूँजना, उत्तर देना, जवाब देना।

respect[1]* n. प्रसंग, सन्दर्भ, प्रकरण, विषय, सम्बन्ध, बाबत (प्रायः *to* के साथ) (जैसे, *the terms have ~*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

to position alone); ध्यान, ख्याल, लिहाज (जैसे, *have not* or *had, paid ~ to anything but colour*); दृष्टि, पक्ष, पहलू (*in all ~s*); विचार; मान, सम्मान, अर्चा, सत्कार, आदर*, इज्जत; (pl. *my, his* आदिके साथ) अभिवादन, प्रणाम, नमस्कार; *in ~ of* के बारेमें।

respect[2] v.t. सम्बन्ध रखना, सम्पर्क रखना, सम्बन्धित होना, विषयमें होना; मान करना, सम्मान करना, सम्मानित करना, सत्कार करना, आदर करना, इज्जत करना; ध्यान रखना, ख्याल रखना, लिहाज करना; श्रद्धाका बर्ताव करना; *~ innocence* or *the innocent* भ्रष्टाचारसे दूर रहना, पापोंसे विरत रहना, पतनसे बचना; *~ oneself* आत्मसम्मानका ध्यान रखना; *~ persons* (प्रभावके कारण) अनुचित पक्षपात करना, रिआयत करना; *~ yourself and you will be ~ed* अपनी मर्यादा अपने हाथ, अपनी इज्जत अपने हाथ।

respectability n. आदरणीयता, मान्यता, सम्माननीयता, सम्मानार्हता; प्रतिष्ठा, सम्मान; भद्रजन, सम्मानित लोग, आदरणीय व्यक्ति, बड़े आदमी।

respectable a. मान्य, माननीय, सम्माननीय, आदरणीय, श्रद्धेय, श्रद्धास्पद (*~ gentleman*); विशिष्ट, महत्त्वशाली, महत्त्वपूर्ण, सुनामयुक्त; गुणयुक्त, सद्गुणविशिष्ट; पर्याप्त, बहुत अधिक, बहुत काफी (*~ antiquity*); भद्र, साधु, सज्जन, सम्मानित, प्रतिष्ठित; योग्य, श्रद्धास्पद, सच्चरित्र, भला, नेक, ईमानदार; सज्जनोचित, भद्र व्यक्तिके अनुकूल।

respectableness n. = RESPECTABILITY.

respectables n. (pl.) सम्मानित जन, प्रतिष्ठित पुरुष, भद्र लोग।

respectant a. मिथःदर्शी, परस्परापेक्षी, एक-दूसरेकी ओर देखनेवाला।

respecter n. (*~ of persons*) पक्षपाती, पक्षपात करनेवाला।

respectful n. विनीत, विनयशील, सविनय, आदरसूचक, आदरपूर्ण, सादर, सम्मानपूर्ण, श्रद्धालु, श्रद्धायुक्त, भद्र, शिष्ट (*~ behaviour*)।

respectfulness n. विनय, विनयशीलता, विनीतता, सम्मानपूर्णता, श्रद्धालुता, आदरसूचकता, आदरपूर्णता।

respecting prep. के सम्बन्धमें, के विषयमें (*legislation ~ property*)।

respective a. तत्सम्बन्धी, स्व-स्व, निज-निज, अपना-अपना, वैयक्तिक, निजी (जैसे, *go to your ~ places*)।

respectively adv. क्रमशः, यथाक्रम, क्रमानुसार, एक-एक करके, अपने-अपने ढंगसे।

respectless a. मानहीन, सम्मान-विहीन, सत्कार-विहीन, आदरहीन, अनादृत, बेइज्जत।

respirability n. निःश्वास-प्रश्वासोपयुक्तता, श्वसन-योग्यता, श्वास-योग्यता।

respirable a. निश्वास-प्रश्वासोपयुक्त, श्वसन-योग्य, श्वास-योग्य।

respiration n. श्वसन, श्वास-प्रश्वास-क्रिया; प्राण, श्वासोच्छ्वास, श्वास, साँस; (पौधोंका) श्वास-परित्याग, श्वासग्रहण; विश्राम, आराम।

respirational a. श्वसन-विषयक, श्वासोच्छ्वास-विषयक, श्वास-सम्बन्धी, साँसका; श्वास-परित्याग-विषयक, श्वास-ग्रहण-सम्बन्धी।

respirative a. = RESPIRATORY.

respirator n. श्वसित्र, (श्वास लेनेका आला), रेस-पिरेटर; (सेना०, विषैली गैससे रक्षार्थ) निस्यन्दन यन्त्र।

respiratory, respirative aa. श्वसन-, श्वास-प्रश्वास-सम्बन्धी; श्वसनकारी; *~ organ* श्वसनांग, श्वास-यन्त्र; *~ aperture, ~ cavity, ~ centre, ~ disease, ~ heart, ~ passage, ~ pigment, ~ quotient, ~ stimulant, ~ system, ~ tree, ~ tube, ~ valve.*

respire v. i. & t. श्वासोच्छ्वास करना, श्वास-प्रश्वास लेना, साँस लेना और निकालना, श्वास निकालना, दम लेना; सुस्ताना, आराम करना।

respirometer n. श्वासमान, श्वास-मापक यन्त्र।

respite[1] n. अवकाश, विरति, लघु विराम, विश्राम, विश्रान्ति, फुरसत, आराम; उपस्थगन, प्रास्थगन; मध्यान्तर, देर, नागा; अवकाश-दान, मोहलत।

respite[2] v.t. अवकाश देना, विराम देना, फुरसत करना; दण्डदान स्थगित करना, सजा मुल्तवी करना; आभारग्रहण स्थगित करना; अवकाश-दान करना, छुट्टी देना, मोहलत देना; (कष्ट इत्यादिसे) स्थायी छुटकारा देना, आराम देना; (सेना०) वेतन रोक लेना।

resplendence, -cy nn. दीप्ति, आभा, उज्ज्वलता, तेज, ज्योति, प्रकाश, चमक-दमक, जगमगाहट।

resplendent a. दीप्त, अत्युज्ज्वल, समुज्ज्वल, प्रकाशमय, विभ्राजमान, देदीप्यमान, जगमगाता हुआ।

respond[1] n. (स्था० मेहराबको सहारा देनेके लिए दीवालसे लगा हुआ) अर्द्धस्तम्भ; याजक द्वारा उच्चारित पंक्ति, श्रोतागण द्वारा दिया गया उत्तर।

respond[2] v. i. प्रश्नोत्तर करना, सवाल-जवाब देना; उत्तरमें कोई कार्य करना; उत्तर देना, जवाब देना; (व्यवहार या परिवर्तन द्वारा) प्रतिचार होना, संवेदनशीलता प्रकट करना, शक्ति या उत्तेजनाके अनुसार कार्य करना, प्रभावित होना, प्रतिक्रिया दिखाना (*does not ~ to kindness*); सदृश होना, अनुकूल होना, जोड़का होना।

respondeat उन्हें (या उसे) उत्तर देने दो।

respondence, -cy nn. उत्तर, जवाब; सादृश्य, अनुकूलता, मेल, जोड़।

respondent a. & n. (कानून) प्रतिवाद अस्वीकर्ता; प्रतिवादी, प्रत्यर्थी, प्रतिपक्षी, उत्तरवादी, मुद्दआलह।

respondentia n. पोत-ऋण, जलयान-ऋण, नौभार-बन्धक, जहाजपर दिया गया कर्ज (जो जहाजके ठीक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

हालतमें पहुँचनेपर दिया जाता है)।

responding a. प्रतिचारी, प्रत्युत्तरदायी; अनुरूप।

responsal n. = RESPONSE

response n. उत्तर, प्रत्युत्तर, प्रतिवचन, जवाब; प्रतिक्रिया, अनुक्रिया, प्रतिचार, प्रतिचेष्टा (जैसे, *in ~ to*; *made no ~*); संवेदनशीलता *(called forth no ~ in his breast)*; (ईसा०, पादरी द्वारा उच्चारित पंक्तिके) उत्तरके रूपमें गायी गयी पंक्ति।

responsibility n. दाय, उत्तरदायित्व, प्रष्टव्यता, जिम्मेदारी, जवाबदेही।

responsible* a. दायी, दायग्रस्त, उत्तरदायी*, प्रष्टव्य, जिम्मेदार*, जवाबदेह *(~ agent)*; विख्यात, प्रसिद्ध; आदरणीय; विश्वसनीय; उत्तरदायित्वपूर्ण, जिम्मेदारीवाला (जैसे, *a ~ office*)।

responsibleness n. = RESPONSIBILITY.

responsions n. (pl.) आक्सफर्डकी बी० ए० की उपाधिके लिए तीन परीक्षाएँ।

responsive a. प्रतिचारी, प्रत्युत्तरदायी, उत्तरदान-प्रवण, प्रत्युत्तर देनेवाला, जवाबी; (किसी प्रभावके प्रति) सत्वर प्रवृत्त, संवेदनशील, प्रतिक्रियात्मक, संवादी *(~ cooperation)*; करुणापूर्ण, समवेदनापूर्ण, सहानुभूति-सूचक, हमदर्द।

responsiveness n. प्रतिचारिता, प्रत्युत्तरदायिता, उत्तरदान-प्रवणता; संवेदनशीलता, प्रतिक्रियात्मकता; करुणामयता, सहानुभूति, समवेदना, हमदर्दी।

responsory[1] n. बाइबिलके पाठके साथ गाया गया भजन।

responsory[2] a. सप्रत्युत्तर, उत्तरपूर्ण, जवाबवाला।

ressaldar n. रिसालदार।

rest[1]* n. विश्राम, उपशान्ति, विराम, सुख, आराम*, चैन; शयन, निद्रा, नींद (जैसे, *go, retire, to ~*); विश्रान्ति, कार्य-निवृत्ति, व्यापार-निवृत्ति, फुरसत; स्थिरता, अचलता, निश्चलता, निश्चेष्टता, ठहराव; विश्रान्ति-काल, कार्यनिवृत्ति-समय, फुरसतका समय; विश्रामस्थल, आरामकी जगह; आश्रय, अवलम्ब, आधार, सहारा, टेक; (संगीत) विराम, नियत मध्यान्तर; विराम-संकेत, मध्यान्तर-चिह्न; day of ~ रविवार; ~-cure विश्राम-चिकित्सा; *at ~* शान्त, प्रशान्त, उपशान्त, विश्रान्त, निश्चल, निश्चेष्ट, अचल, स्थिर; निर्व्यापार, निरुद्योग; अक्षुब्ध, अनुद्विग्न, अव्यग्र, अव्याकुल; *lay to ~* समाधिस्थ करना, गाड़ना, दफन करना; *set* person's *mind at ~* शान्ति प्रदान करना, मानसिक शान्ति देना, आराम देना;

~ day, ~ house, ~ periods.

rest[2] v. i. & t. विश्राम करना, आराम करना, आराम देना, सुस्ताना; शान्त होना, निश्चल होना, निश्चेष्ट होना, स्थिर होना, थिर होना, चुप होना, ठहरना, टिकना, रहना; सहारा देना, आश्रित होना, अवलम्बित होना, निर्भर रहना, सहारेपर होना, भरोसेपर होना, लेटना, पड़ा होना; टेक लगाना, सहारा लेना *(I ~ upon your promise)*; विश्वास करना; *~ or God ~ his soul* ईश्वर उनकी आत्माको शान्ति प्रदान करे; *~ in the churchyard* समाधिस्थ होना, कब्रमें पड़ा होना; *~ (up)on one's oars* (थोड़े समयके लिए) परिश्रम बन्द करना; खेना बन्द करना; *~ with* अधीन होना, हाथमें होना, अख्तियारमें होना, चार्जमें होना।

rest[3] n. (इति०) भालेकी टेक।

rest[4] n. शेष भाग, अवशेष, बाकी हिस्सा *(the ~ of it)*; शेष जन, बाकी लोग; शेष मात्रा, बाकी संख्या; (महाजनी) सुरक्षित धननिधि; सुरक्षित पूँजी; (वाणि०) मालकी जाँच-पड़ताल; (टेनिस आदि) गेंदके इधरसे उधर जानेके बीचका अन्तराल।

rest[5] v. i. (प्रा०) शेष रहना, बाकी रहना, बचना; (जैसे, *whatever ~s of hope*); विशेष दशामें होना, रहना, बनना।

restant a. = PERSISTANT.

restaurant n. विश्रान्तिगृह, आरामघर; आहारगृह, उपाहारगृह, भोजनालय, होटल, रेस्तराँ; ~ car रेलगाड़ीमें खानेका डिब्बा।

restaurateur n. भोजनालय-पाल, रेस्तरांका मालिक।

restauration n. = RESTORATION.

restful a. शान्त, प्रशान्त, विश्रान्त; अबाध, निर्बाध, निरुपद्रव; प्रशामक, सुखजनक, आरामदेह।

restfulness n. शान्ति, प्रशान्ति, विश्रान्ति, विश्राम, आराम; अबाधता, निर्बाधता, निरुपद्रवता; प्रशामकता, सुखजनकता, आरामदेही।

rest-harrow n. (कड़ी जड़वाली एक झाड़ी), रेस्टहैरो।

restiform a. रज्जुवत्, रस्सी-जैसा, डोर-जैसा।

resting a. विश्रामी, आराम पानेवाला, आरामका *(~ period)*; आश्रित, आलम्बित, विहित, स्थित, टिका हुआ।

restitution n. प्रत्यर्पण, प्रतिदान, वापसी; क्षतिपूर्ति; प्रत्यापनयन, पुनरुद्धार; (कानून, गणित) पुनरावृत्ति, प्रत्यवस्थान, प्रत्यास्थापन, पूर्वस्थितिस्थापन, पुनः-स्थापन, स्थितिस्थापन, मूल अवस्थामें लाना या आना *(~ of conjugal rights)*।

restitutive a. प्रत्यर्पक, प्रतिदानी, वापस करनेवाला; क्षतिपूर्तिकर्ता, नुकसानदेही चुकानेवाला; प्रत्यापनेता, पुनरुद्धारक, प्रत्यवस्थापक, प्रत्यास्थापक, पुनःस्थापक।

restitutory a. प्रत्यर्पणात्मक, प्रतिदान-विषयक, वापसीका; क्षतिपूर्ति-सम्बन्धी, नुकसानदेहीका; प्रत्यापनयन-विषयक, पुनरुद्धार-सम्बन्धी; प्रत्यवस्थान-विषयक, पुनःस्थापन-सम्बन्धी।

restive, restiff (प्रा०) aa. दुर्दम, दुर्दान्त, दुर्वृत्त, दुष्ट, दुर्विनीत, उद्धत, हठी, जिद्दी, मुँहजोर; (घोड़ा) मचला, मगरा, अड़ियल, बेकाबू, भड़का हुआ; अशान्त, क्षुब्ध, व्याकुल, व्यग्र, विह्वल, उद्विग्न, बेचैन, परेशान; चंचल, चल, चलनशील, कम्पनशील।

restiveness n. दुर्दमता, दुर्दान्तता, दुर्वृत्तता, दुर्विनय, औद्धत्य, हठ, जिद्द; अड़ियलपन, भड़कन; अशान्ति,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

क्षुब्धता, व्याकुलता, व्यग्रता, विह्वलता, उद्विग्नता, परेशानी; चंचलता, चलता, चलनशीलता, कम्पनशीलता।

restless a. व्यग्र, व्याकुल, उद्विग्न, अशान्त, विह्वल, बेचैन, परेशान· चल, चंचल, चपल, अस्थिर, सदागति।

restlessness n. उद्वेग, व्यग्रता, व्याकुलता, उद्विग्नता, अशान्ति; चलता, चंचलता, चपलता।

restorable a. प्रत्यर्पणीय, प्रतिदेय, लौटाने योग्य, वापस करने लायक; प्रत्यानेय, पुनर्नियोज्य, पुनःस्थाप्य; पुनःसंस्कार्य, पुनःसंस्करणीय।

restorableness n. प्रत्यर्पणीयता, प्रतिदेयता, लौटाये जानेकी स्थिति, वापस किये जानेकी अवस्था; प्रत्यानेयता, पुनर्नियोज्यता, पुनःस्थाप्यता, पुनःसंस्कार्यता, पुनःसंस्करणीयता।

restoration n. प्रत्यर्पण, प्रतिदान, वापसी; प्रत्यानयन, परावर्तन, पुनःस्थापन, यथास्थापन, पलटाना; प्रत्यास्थापन, आरोग्यलाभ; (विनष्ट पशु या इमारत आदिका) प्रतिचित्रण, नमूना; उत्थान, समुत्थान, उन्नति, विकास, पुनरुद्धार।

restorationism n. भावीसुखवाद।

restorationist n. भावीसुखवादी।

restorative[1] n. वाजीकरण, पौष्टिक भोजन, बलकारक ओषधि।

restorative[2] a. पौष्टिक, बलकारक, बलवर्द्धक, सत्त्ववर्धक, वाजीकरण, स्थास्थ्यप्रद, स्वास्थ्यदायक; प्रत्यास्थापक।

restore v. i. प्रत्यर्पण करना, प्रतिदान करना, लौटाना, वापस करना; प्रत्यानीत करना, पुनः स्थापित करना, पुनर्नियोजित करना, पुनः नियुक्त करना, दुबारा बहाल करना; वापस देना, फेर देना; स्वस्थ करना, चंगा करना, तन्दुरुस्त करना; (प्रायः छूटे हुए शब्दोंको) पुनः प्रयोगमें लाना; पूर्वस्थानपर लाना, पूर्वदशामें लाना, पूर्ववत् कर देना, पुनः पूर्वावस्थामें लाना, मरम्मत करना; ज्यों-का-त्यों कर देना; सुधार करना, पुनःसंस्कार करना, सँवारना, सुधारना।

restorer n. प्रत्यर्पयिता, प्रतिदाता, वापस करनेवाला; प्रत्यानेता, पुनर्नियोक्ता; पुनःसंस्कर्ता, पुनःसंस्कारक; प्रत्यास्थापक, बहाल करनेवाला।

restrain[1] v.t. प्रतिबद्ध करना, संयत करना, प्रतिरोध करना, निरोध करना, नियन्त्रणमें रखना, शमन करना, निग्रह यरना, दमन करना; दबाना; सीमाबद्ध करना, सीमामें घेरना, बन्द करना, रोकना, अटकाना; कारावासमें रखना, घेरना, कैद करना, हिरासतमें लेना।

re-strain[2] v.t. फिर तानना, फिर फैलाना, फिर कसना, पुनः भार डालना।

restrainable a. दम्य, संयम्य, निरोध्य, नियन्त्रणीय, दबाने योग्य, रोकने योग्य, काबूमें रखने लायक; कैद करने योग्य, हिरासतमें लेने ल यक।

restrained a. संयत, नियन्त्रित, आत्मसंयत; संयमयुक्त, नियन्त्रणपूर्ण।

restrainer n. प्रतिबन्धयिता, संयत करनेवाला, प्रतिरोधक, नियन्ता, निरोधक, नियन्त्रक, विग्रहीता, शामक; सीमा-बन्धक व्यक्ति या वस्तु।

restraining a. नियन्त्रक (जैसे, ~ *order, statute*)।

restraint n. दमन, संयम, निग्रह, निरोध, अवरोध, प्रतिबन्ध, प्रतिरोध, रोक, बन्धेज, अटकाव, रुकावट, पाबन्दी; कारावास, कैद, हिरासत; शिष्टाचार, व्यवहारसंयम, तकल्लुफ; आत्मनिग्रह, आत्मनियन्त्रण, संयमन; अतिशयोक्तिहीनता, अत्युक्तिहीनता; *under* ~ (पागलखानेमें) बन्द, कैद, हिरासतमें; *without* ~ स्वतन्त्रतापूर्वक, नियन्त्रणके बिना, बेरोक-टोक, जी खोलकर, आजादीसे।

restrict v.t. सीमित करना, सीमाबद्ध करना, सीमा बाँधना, निर्बन्धित करना, निर्बद्ध करना, घेरना, बाँधना; संयत करना; प्रतिबद्ध करना, बन्धेज करना, हद बाँधना, रोक लगाना, रोकना।

restricted a. निर्बद्ध, सीमित, सीमाबद्ध, आयन्त्रित (~ *assets, tenure*); निषिद्ध; संकुचित, संकोचित।

restriction n. सीमाबन्धन, हदबन्दी; आयन्त्रण, नियन्त्रण, बन्धन, निर्बन्धन, निबन्धन, निरोध, प्रतिबन्ध, अवरोध, बाधा, रुकावट; सयम, मर्यादा, नियम, पाबन्दी; कैद।

restrictionist n. प्रतिबन्धवादी, आयन्त्रणवादी, नियन्त्रणवादी, निबन्धनवादी, निरोधवादी, अवरोधवादी; नियमवादी।

restrictive a. निर्बन्धक, निर्बन्धात्मक, अवधारक, सीमाबन्धक, प्रतिबन्धक, आयत्रक, नियन्त्रक, अवरोधक, नियामक (~ *provision*)।

resty a. = RESTIVE.

result[1] n. निष्पत्ति, परिणाम, अन्त, फल, उत्तर, नतीजा, हासिल; प्रत्यावर्तन; *without* ~ व्यर्थ, निष्फल, निष्परिणाम, निरर्थक।

result[2] v.t. परिणत होना, परिणाम निकलना, फलित होना, फलदायक होना, नतीजा निकलना; शेष होना, अवशिष्ट होना, अन्त होना, आखिर होना; निकालना।

resultance n. परिणति, निष्पत्ति, निष्पादन, परिणाम, फल।

resultant[1] n. (विभिन्न दिशाओंमें प्रगतिशील दो या दोसे अधिक शक्तियोंका) संयुक्त परिणाम।

resultant[2] a. सहोत्पन्न, समवायजनित, संघातोत्पन्न; परिणमित, परिणामी, परिणाम-स्वरूप, परिणामजन्य, फलित, फलस्वरूप लब्ध, परिणाम-स्वरूप प्राप्त (~ *loss, velocity*)।

resulted a. परिणत।

resultful a. परिणामपूर्ण, फलदायक।

resulting a. उद्भूत, जनित; फलस्वरूप, परिणामी; प्रत्यावर्ती (~ *curve*)।

resultless a. व्यर्थ, निरर्थक, निष्फल, परिणामशून्य, बेकार।

resumable a. पुनर्ग्रहणीय; पुनः वश करने योग्य

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(~ *tenure*)।

resume[1] n. प्रत्याहार, सार, सारांश, सारार्थ, सार-संग्रह, संक्षेप, संक्षिप्त विवरण।

resume[2] v.t. & i. पुनर्हस्तगत करना, पुनर्ग्रहण करना, पुनः धारण करना, पुनः अधिकारमें लाना, पुनः प्राप्त करना, फिर कब्जा करना (~ *authority*); पुनरारम्भ करना, पुनः प्रारम्भ करना, फिरसे सँभालना या लेना, दुबारा शुरू करना; संक्षिप्त करना, सारांशरूपमें कहना, संक्षेपमें पुनः कह जाना; ~ *pipe* पाइपको पुनः पीना आरम्भ करना।

resumed a. पुनःप्राप्त, पुनर्धृत, पुनर्गृहीत, पुनरधिकृत, फिरसे कब्जेमें आया हुआ।

resumption n. प्रत्यादान, पुनर्ग्रहण, पुनरधिकार, पुनःप्राप्ति, दोबारा कब्जा; पुनरारम्भ।

resumptive a. प्रत्यादायक, पुनर्ग्राहक, पुनरधिकर्ता, ग्रहणशील, दोबारा कब्जा करनेवाला; आरम्भशील, पुनः आरम्भ करनेवाला, फिरसे शुरू करनेवाला।

resupinate a. अन्तर्वलित, अन्तर्वक्रित, प्रतिवृत्त, अन्दरकी ओर मुड़ा हुआ।

resupination n. अन्तर्वलन, अन्तर्वक्रण, प्रतिवृत्ति, प्रतिवर्तन, अन्दरकी ओर मोड़।

resupine a. पृष्ठशायी, चित, पीठके बल पड़ा हुआ।

resurge v. i. (ह्यास्य०, क्र०) पुनरुत्थान करना; पुनरुज्जीवित होना, पुनः जी उठना, कब्रसे फिर उठ आना।

resurgence n. पुनरुत्थानशीलता; पुनरुत्थान, पुनरुज्जीवन, फिरसे सिर उठाना, दोबारा जी उठना।

resurgent[1] n. पुनरुत्थान करनेवाला व्यक्ति; मृतोत्थित व्यक्ति, मृत्युसे उठनेवाला व्यक्ति, पुनःजीवित व्यक्ति।

resurgent[2] a. पुनरुत्थानशील; पुनरुज्जीवित होनेवाला, मृत्युसे उठनेवाला, दोबारा जिन्दा होनेवाला।

resurrect v.t. (बोल०, क्र०) पुनर्जीवित करना, फिरसे जिन्दा करना, कब्रसे निकाल लेना; पुनः अभ्यास प्रारम्भ करना; स्मृतिको ताजा करना, यादको नया बनाना।

resurrection n. (क्राइस्टके कब्रसे उठनेकी स्मृतिमें मनाया जानेवाला) एक ईसाई पर्व; (प्रलयके दिन) मृतोत्थान, पुनरुत्थान; (शा० एवं ला०) शवोत्खनन, कब्रके बाहर खोदकर निकाल लेना; पुनरुज्जीवन, पुनः उभड़ना; पुनरुद्धार, पुनःप्रचार; पुनः स्मृतिमें आना।

resurrectional a. मृतोत्थान-विषयक, खीष्टके कब्रसे उठनेसे सम्बन्धित; पुनरुज्जीवित होनेवाला; पुनः स्मृतिमें आनेवाला।

resurrectionist n. शवचौर, मृतोत्थाता, कब्रसे उठानेवाला, मुर्दे ले जानेवाला।

resurvey[1] n. पुनःसर्वेक्षण; पुनरालोचन।

resurvey[2] v.t. पुनःसर्वेक्षण करना; पुनरालोचन करना।

resuscitant a. पुनःजीवक, पुनरुज्जीवक, पुनरुत्थापक, पुनः जिन्दा करनेवाला, होशमें आने या लानेवाला; पुनः प्रचारमें आने या होनेवाला।

resuscitate v.t. & i. पुनः सजीव करना; पुनर्जीवित करना या होना; पुनरुज्जीवित करना, पुनरुत्थापन करना, फिरसे जिला देना, फिर जी उठना; पुनः होशमें लाना; पुनः स्पष्ट करना या होना, पुनः व्यक्त करना या होना; पुनः प्रचारमें लाना या होना।

resuscitation n. पुनःसजीवता, पुनर्जीवन, पुनरुज्जीवन, प्रत्युपजीवन, पुनरुत्थापन, पुनरुत्थान, होशमें लाना, होशमें आना; पुनः प्रचारमें लाना या आना।

resuscitative a. पुनर्जीवित करनेमें समर्थ, पुनरुज्जीवित करने या होनेवाला; पुनर्जीवन-सम्बन्धी, पुनरुत्थान-विषयक, पुनरुत्थान-सम्बन्धी; पुनः प्रचारमें आने या लानेवाला।

resuscitator n. पुनरुज्जीवक, पुनरुत्थापक, पुनर्जीवित होने या करनेवाला व्यक्ति; पुनः प्रचारमें लाने या होनेवाला व्यक्ति।

ret, rate, rait vv. i. तर करना, (सन या पटसनको) पानीमें भिगोकर नरम करना; (घास आदिका) सड़ जाना, बर्बाद हो जाना।

retable n. ताखा, आला, जाला (विशे० वेदीका)।

retail[1] n. अल्पशः विक्रय, खण्डवाणिज्य, स्तोकविक्रयण, फुटकर बिक्री, खुदरा, खुरदा (~ *dealer, price, shop*)।

retail[2] v.t. & i. अल्पशः विक्रय करना, खण्डशः विक्रय करना, स्तोकविक्रय करना, फुटकर बेचना; विस्तारपूर्वक वर्णन करना, ब्यौरेवार बताना।

retailer n. अल्पशः विक्रेता, खण्डशः विक्रेता, स्तोकविक्रेता, फुटकर विक्रेता, खुदरा बेचनेवाला; सविस्तर वर्णन करनेवाला, ब्यौरेवार बतानेवाला।

retain v.t. प्रतिधारण करना; धारण करना, रखना, स्थिर रखना, थामना, पकड़े रहना, अटका रखना, दाब रखना, रोक रखना; अग्रिम वेतन देकर काम कराना, अग्रिम शुल्क देकर काम करना; अधिकारमें रखना, हाथमें रखना, रखे रहना, बनाये रखना, न खोना, कब्जेमें रखना; प्रयोग करते जाना; चलने देना, रख छोड़ना, रहने देना; उपेक्षा न करना; अपरिवर्तित रखना; स्मृतिमें रखना, स्मरण करना, याद रखना।

retainable a. अधिकरणीय, अधिकारमें रखने योग्य; रक्षणीय; अवधारणीय, धारण करने योग्य, स्मृतिमें सुरक्षित रखने योग्य।

retained a. प्रतिधृत।

retainer n. प्राधिकरण, प्रतिधारण; औपचारिक रक्षण; किसी रूपमें सेवा करनेके लिए रोका जाना; (बैरिस्टर आदिका) शुल्क, फीस; परिचर, परिचारक, अनुचर, अनुयायी, अनुगामी, भृत्य, सेवक, अनुजीवी, अधान व्यक्ति, आश्रित व्यक्ति, नौकर-चाकर; पक्षाय व्यक्ति।

retaining n. अनुरक्षण, प्रतिधारण (जैसे, ~ *fee, wall*)।

retaliate v.t. & i. प्रतिशोध करना, प्रतिविधान करना, प्रत्याक्रमण करना, प्रतिकार करना, बदला लेना, जवाब देना; प्रत्यारोपण करना, उल्टा अपराध लगाना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

उल्टा इल्जाम लगाना; शठे शाठ्यंका आचरण करना, जैसेके साथ तैसा बर्ताव करना; (राज० अर्थ०; विदेशी राज्यके आयातकरके बदलेमें वहाँसे) आयात सामग्रीपर कर लगाना, जवाबी महसूल लगाना।

retaliation n. प्रतिशोध, प्रतिविधान, प्रतिवैर, प्रतिहिंसा, प्रत्यपकार, प्रतिकार, पलटा, बदला; प्रत्यारोप, जवाबी इल्जाम; प्रतिकर, जवाबी महसूल।

retaliationist n. प्रतिशोधवादी, प्रत्यपकारवादी।

retaliative, retaliatory aa. प्रतिशोधपूर्ण, प्रतिकारात्मक, प्रतिविधानात्मक; प्रत्यारोपपूर्ण, इल्जामी, जवाबी।

retaliator n. प्रतिशोधी, प्रतिविधाता, प्रत्याक्रान्ता, प्रतिकर्ता, बदला लेनेवाला; प्रत्यारोपक, उल्टा अपराध लगानेवाला, जवाबी इल्जाम लगानेवाला; शठे शाठ्यं आचरण करनेवाला।

retaliatory a. दे० RETALIATIVE.

retard[1] n. विमन्दन, विलम्बन, गतिरोध, प्रतिरोध, गतिह्रास, मन्दता; ~ of tide ज्वारके बादका अन्तराल।

retard[2] v.t. & i. विलम्बित करना, शिथिल करना, मन्द करना, ढील छोड़ना, ढीला करना, धीमा करना; विकास रोकना, अवरोध करना, बाधा देना, रोध करना, गति रोकना, अटकाना; स्थगित करना; धीमा होना, रुकना, अटकना; (आकाशमण्डलीय पिण्डोंका) अनुमित समयसे पीछे आना, देरमें होना, देर लगाना।

retardation, retardment nn. मन्दन, विमन्दन, विलम्बन, गतिरोध, प्रतिरोध, निरोध, बाधा, व्याक्षेप, व्याघात, गतिह्रास, मन्दता, वेगरोध, अटकाव, रोक; विलम्ब, देरी, ढील।

retardative, retardatory aa. विलम्बकारी, गतिरोधकारी, देर करनेवाला, देरसे आनेवाला।

retarded a. विमन्दित, विलम्बित, निरुद्ध, अवरुद्धवेग।

retardent a. विलम्बकारी, गतिरोधी, रुकावटी।

retarder n. विलम्बक व्यक्ति या वस्तु, शिथिलकारी; मन्दकर व्यक्ति या वस्तु; रोधी व्यक्ति या वस्तु, बाधक।

retardment n. दे० RETARDATION.

retaste v.t. पुनरास्वादन करना, दुबारा चखना।

retch[1] n. वमनोद्रेक, वमनेच्छा, उबकाई, उकाई, उकलाई, ओकी, उलटी।

retch[2] v. i. वमनोद्रेक होना, वमनेच्छा होना, उबकाई आना, उलटी करना, कै करना।

retching n. सूखा वमन, सूखी ओकी, सूखी उकलाई।

rete n. (श० र० शा०) जाल, जाली, पेशीजाल।

retent n. प्रतिधृत वस्तु, गृहीत वस्तु, रोकी हुई चीज।

retention n. रक्षा, रक्षाकरण, प्रतिरक्षण, स्तम्भन, प्रतिधारण; स्मृति, स्मरण, अवधारण, धारणा, धारणाशक्ति; (विशे० औषध०) रोध, अवरोध, रोक, रुकावट; ग्रहण, धारण, अधिकारमें रखना, कब्जेमें रखना, कैद, पकड़; ~ examination, ~ money, ~ period, ~ price.

retentive a. प्रतिधारी, धारणशील, धारणक्षम, मेधावी, धारणाशक्ति-सम्पन्न; दृढ़, पक्का; (शब्द०; पट्टी) जमाकर रखनेवाला; नमीको सुरक्षित रखनेवाला; ~ power धारणशक्ति।

retentiveness n. धारणक्षमता, धारणशीलता, धारणाशक्ति, ग्रहणशीलता।

retentivity n. प्रतिधारिता, धारणशीलता, धारणक्षमता, मेधाविता, धारणाशक्ति-सम्पन्नता।

retentor n. (श० र० शा०) प्रतिधारी पेशी।

retexture n. पुनर्वयन, दुबारा बुनना।

retiary a. जालवत्, जालसदृश, जाल-जैसा; जाल-विषयक, जाल-सम्बन्धी, जालका; जालधारी, जाल लगानेवाला (जैसे, मकड़ा)।

reticence, -cy nn. तूष्णीभाव, निर्वाच्यता, वाक्संयम, मितभाषण, संयम; मौन, मूकता, चुप्पी, खामोशी।

reticent a. मौन, मौनावलम्बी, वाक्संयमी, मितभाषी, शान्तिप्रिय, चुप, खामोश।

reticle n. (दूरबीनके आगे लगायी जानेवाली) जालिका, जाली।

reticular, reticulose aa. जालि-, जालरूप, जालवत्, जालाकार, जालयुक्त, झँझरीदार, जालीदार; जालिका-सम्बन्धी, जालीसे सम्बन्धित (~ *cells, theory*)।

reticulate[1] v.t. & i. जालिकायुक्त करना, जालीदार बनाना या बनना; जालमें विभाजित करना या होना।

reticulate[2] a. जालवत्, जालाकार, जालिकावत्, जालदार, जालीदार, झँझरीदार; ~ work झँझरी, झँझरीदार फर्श।

reticulated a. = RETICULATE[2].

reticulation n. जालकर्म, जालिका-निर्माण, जाल-रचना, जालीका काम, जाली बनाना या बनना।

reticule n. दे० RETICLE भी; (स्त्रियोंका) जालीदार बटुवा या थैली; (ग० ज्यो०) दक्षिणी तारामण्डल।

reticulum n. (pl. *-a*) द्वितीय आमाशय; जालिका, छत्ता, जाली, जाल।

retiform a. जालवत्, जालाकार, जालिकायुक्त।

retina n. (pl. *-s, -e*) अक्षिपट, चक्षुपटल, दृष्टिपट, मूर्त्तिपट, रूपाधार, आँखका पर्दा, रैटिना; (अक्षिगोलककी पश्चाद्वर्ती झिल्ली), दृष्टिवितान।

retinaculum n. सम्बन्ध, सम्बन्धसूत्र, संयोजी पेशी; प्रतिधारी यन्त्र; चेपदार पराग; कीड़ेके पंख।

retinal a. मूर्त्तिपट-, अक्षिपटीय, दृष्टिवितानीय, आँखके पर्देका (~ *apoplexy, fatigue*)।

retinerved a. जालवत्, जालाकार, जालिकायुक्त।

retinitis n. चक्षुपट-प्रदाह, आँखके पर्देकी सूजन।

retinoid a. सर्जासाभ, उद्यास-सदृश, रेजन-सदृश, धूने-जैसा, धूप-जैसा, राल-जैसा।

retinue n. परिजन, अनुचरवर्ग, अनुयायिवर्ग, परिजन-वर्ग, नौकर-चाकर, अरदली लोग।

retiracy n. = RETIREMENT.

retiral n. = RETIREMENT.

retire[1] n. (सैन्य०) सेनाको लौटनेका संकेत, फौजको

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

हटनेका इशारा (*sound the ~*)।

retire[2] v. i. & t. पश्चाद्गमन करना, पश्चगमन करना, प्रत्यावर्तित होना, वापस होना, पीछे हटना, लौट पड़ना; एकान्तवास करना, एकान्तमें जाना; किनारे होना, अलग होना (*~ from the world*); शयन करने लगना, सोनेके लिए जाना (*always ~ before midnight*); निवृत्त होना, कार्यनिवृत्त होना, कर्मत्याग करना, अवकाश ग्रहण करना, पेंशन ले लेना, हट जाना; (पदाधिकारी या कर्मचारीको) निवृत्त होनेके लिए बाध्य करना, नौकरी छोड़नेपर विवश करना, पेंशन लेनेपर मजबूर करना; (सैन्य०) सेनाको लौटनेकी आज्ञा देना, फौजकी वापिसीका हुक्म देना; (बिल, नोट इत्यादि) करेंसीसे वापिस लेना, हुण्डी लौटाना।

retired a. निवृत्त, सेवानिवृत्त, कर्मविरत, प्राप्तावसर, अवकाश-प्राप्त, अवसर-प्राप्त, पेंशन-प्राप्त, रिटायर्ड (*~ life, officer*); शून्य, निर्जन, निभृत, विविक्त, गुप्त, गूढ़; एकान्त, सूना (*~ valley*); विरक्त, संसार-त्यागी; *~ pay* सेवानिवृत्ति-वेतन, पेंशन।

retiredness n. कर्मविरति, प्राप्तावसरता, अवकाश-प्राप्ति, अवसर-प्राप्ति, पेंशन-दारी; शून्यता, निर्जनता, निभृति, एकान्तता, सूनापन; विरक्ति, संसार-त्याग।

retirement n. प्रत्यावर्तन, प्रत्यागमन; अपगमन, अपसरण, कार्यत्याग, संन्यास, संसार-त्याग; अवसरग्रहण, अवकाशग्रहण, निर्वृति, सेवानिवृत्ति, पदत्याग; एकान्त, शून्य, निर्जनता, एकाकीपन, तनहाई; शून्य स्थान, निर्जन स्थान, सूनी जगह।

retiring a. एकान्तप्रेमी, असंलापी, लज्जालु, लज्जाशील, झेंपनेवाला, शर्मीला, खामोश; निर्जनप्रिय, उदासीन, निवृत्ति-, निवृत्ति-विषयक (*~ age*); निवर्ती (*~ director*); *~ room* विश्राम-कक्ष।

retiringness n. एकान्तप्रेम, निर्जनप्रियता, असंलाप, लज्जालुता, लज्जाशीलता, झेंपूपन, शर्म, खामोशी।

retold a. = RETELL का भू० कृ०।

retort[1] n. तत्कालोत्तर, वक्रोत्तर, प्रत्युत्तर; प्रत्यारोप, प्रत्यभियोग, प्रत्यपवाद, उल्टा इल्जाम; प्रतिशोध, प्रतिविधान, प्रतिकार, पलटा, बदला।

retort[2] v.t. & i. प्रत्यपवाद करना, प्रत्युत्तर देना, तुरन्त उत्तर देना, कड़ा उत्तर देना, करारा जवाब देना, मुँहतोड़ जवाब देना; प्रतिशोध करना, प्रतिविधान करना, प्रतिकार करना, लौटाना, पलटाना, बदला चुकाना; प्रत्यपवाद लगाना, उल्टा दोष मढ़ना।

retort[3] n. बक यन्त्र, बक भाण्ड, भबका, टोंटीदार बर्तन, (विशे० गैस बनाने या अर्क खींचनेका)।

retort[4] v.t. (बक यन्त्रमें तपाकर पारेको) शुद्ध करना, साफ करना।

retorted a. बक्र किया हुआ, पीछे घुमाया हुआ, पीछे मोड़ा हुआ, उलटा हुआ।

retorter n. तत्कालोत्तरदाता, वक्रोत्तरदाता, प्रत्युत्पन्नोत्तरदाता; प्रत्यारोपी, प्रत्यपवादी, उल्टा इल्जाम लगानेवाला; प्रतिशोधी, प्रतिविधाता, प्रतिकर्ता, बदला लेनेवाला।

retortion n. (शा० एवं ला०) प्रत्यावर्तन, मोड़, पीछेकी ओर मोड़ना या मुड़ना; (अन्तर्रा० कानून, परस्पर राज्योंमें) प्रतिकारात्मक कार्यवाही।

retouch[1] n. पुनःस्पर्श, पुनःसंशोधन, सुधारनेका कार्य।

retouch[2] v.t. (चित्र०) अनुशोधन करना, पुनःसंशोधन करना, सुधारना, हाथ फेरना, सँवारना, ठीक करना; पुनःस्पर्श करना, फिरसे छूना।

retoucher n. अनुशोधक, पुनःसंशोधक, सुधारनेवाला, सँवारनेवाला, ठीक करनेवाला।

retrace v.t. मूलस्रोत खोजना, आरम्भका पता लगाना; ढूँढ़ना, तलाश करना, सुराग लगाना; पुनः निरीक्षण करना, फिरसे देखना, दुबारा गौर करना; पुनः स्मरण करना, फिरसे याद आना; प्रत्यनुसरण करना, उसी मार्गसे लौट आना; (प्रायः ला०) किये-करायेपर पानी फेरना, अपनी कार्रवाई रद्द करना।

retraceable a. प्रत्यन्वेषणीय, खोजने योग्य; पुनर्निरीक्षणीय, दुबारा गौर किये जाने लायक; पुनःस्मरणीय, फिरसे याद आने योग्य; प्रत्यनुसरणीय, प्रतिगम्य, उसी मार्गसे लौट आने योग्य।

retracement n. प्रतिगमन, प्रत्यन्वेषण।

retract v.t. & i. प्रत्याकर्षित करना, समेटना, पीछे खींच लेना, सिकोड़ना (*snail ~s its horns*); सिकुड़ना, समिटना, भीतर खिंचना, पीछे खिंचना; वापस लेना, लौटा लेना; अस्वीकार करना, न मानना, माननेसे इनकार कर देना, मुकर जाना; मिथ्यात्व स्वीकार करना, भूल स्वीकार करना, गलती मान लेना; त्याग देना, छोड़ देना।

retractable, retractible aa. प्रत्याकृष्य, प्रत्याकर्षणीय, प्रत्याकर्षणयोग्य, संकोचनीय, सिकुड़ने या सिकोड़ने लायक (*~ claw*); प्रत्यपनेय, प्रत्याख्यानीय, प्रत्यादेशीय, अस्वीकरणीय, रद्द करने लायक।

retractation, retraction⊙ nn. प्रत्याख्यान, प्रत्यादेश, प्रत्याहार, अन्यथाकरण, अस्वीकृति, इनकार; प्रत्याकर्ष, संकोचन, सिमटाव, खिंचाव, हटाव; निवर्तन, उलटफेर।

retracted a. प्रत्याकृष्ट, प्रत्यानीत, प्रत्यादिष्ट, प्रत्याहृत, अन्यथाकृत, अस्वीकृत।

retractibility n. प्रत्यपनेयता, प्रत्याख्येयता, प्रत्यादेशीयता, अस्वीकरणीयता।

retractile a. = RETRACTABLE.

retractility n. =RETRACTIBILITY.

retraction⊙ n. = RETRACTATION.

retractive a. प्रत्याकर्षयुक्त, संकोचन-सम्बन्धी, सिकुड़ने या सिकोड़नेवाला; हटा लेनेवाला।

retractor n. (शल्य०) पश्चाद्धारक यन्त्र, पीछे रोकनेवाला यन्त्र, रिट्रैक्टर; प्रत्याकर्षक; प्रत्याकर्षी स्नायु; प्रत्यपगामी; (शतरंज) मोहरोंकी वापसी चाल, चाल वापस करना।

retrad adv. पश्चाभिमुख, पृष्ठाभिमुख, पीछे, पीछेकी ओर।

retrahent a. (विशे० पेशियाँ) प्रत्याकृष्य, संकोच्य,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

सिकुडने योग्य, सिकोड़ने योग्य ।

retral a. = POSTERIOR.

retraxit n. अभियोगकी वापसी, मुकदमेकी वापसी ।

retreat[1] n. अपयान, प्रत्यावर्तन, प्रतिनिवर्तन, पश्चगमन, अपक्रमण, अपसरण, पलायन; एकान्तवास, एकान्त स्थान, निर्जन स्थान, शून्य स्थान; पागलखाना; शरण; गुप्त स्थान, आश्रयस्थान, निरापद स्थान, छिपनेकी जगह; पेंशनभोगियोंका विश्राम-गृह; *beat (sound) a ~* कार्यविमुख होना, इरादा छोड़ना; *intercept ~ of* (रणविमुख होनेवाली सेनाका) मार्ग रोकना; *make good one's ~* सुरक्षित रूपसे बच निकलना, सही-सलामत वापस आना ।

retreat[2] v. i. & t. अपयान करना, प्रत्यावर्तन करना, प्रतिनिवर्तन करना, पश्चगमन करना, पलायन करना, पीछे हटना, पीछे हटाना, मोर्चा छोड़ना ।

retree n. उपक्षत पत्र, (उत्पादनमें) खराब कागज, फालतू कागज ।

retrench v.t. & i. अवच्छेदन करना, कर्तन करना, लघु करना, घटना, घटाना, काटना, कटौती करना, कम करना, छाँटना, छँटनी करना; व्यय परिमित करना, खर्च कम करना, किफायत करना; छोटा करना, कतरब्योंत करना; (दुर्ग०; परकोटों एवं खाईं द्वारा) मोर्चाबन्दी करना ।

retrenched a. अवच्छिन्न, कर्तित; अपवृत्त, छँटा हुआ (*~ personnel*) ।

retrenchment n. न्यूनीकरण, खण्डन, अवच्छेदन, कटौती, छँटनी, कमी; संक्षिप्तीकरण, लघूकरण; व्ययसंक्षेप, व्ययपरिमिति, कमखर्ची; मोर्चाबन्दी, किलाबन्दी ।

retrial n. पुनःपरीक्षा, पुनरन्वीक्षा, पुनर्विचार ।

retribute v.t. & i. प्रत्यपकार करना, प्रतिशोध लेना, प्रतिदान करना, वापस करना या बदलना, पलटा देना ।

retribution n. प्रतिशोध, प्रतिहिंसा, प्रतिफल, प्रतिकार, प्रत्यपकार, प्रतिदण्ड, वैर-साधन, बुराईका बदला ।

retributive a. प्रतिकारात्मक, प्रतिशोधकारी, प्रतिहिंसापूर्ण, प्रतिकारी, बदलेका ।

retributor n. प्रतिदानकर्ता, प्रतिशोधक, प्रतिदण्डात्मक, बदलेमें लौटानेवाला ।

retributory a. प्रतिशोधात्मक, प्रतिशोधक, प्रतिदण्डात्मक, प्रतिदानकारी, प्रतिशोधकारी ।

retrievable a. पुनःस्थापनीय, उद्धारणीय, पुनरुद्धारणीय, उद्धारयोग्य; पुनःप्राप्य, क्षतिपूर्तियोग्य, दुबारा पाये जाने लायक ।

retrieval n. पुनःस्थापना, उद्धार, पुनरुद्धार; पुनःस्मरण; पुनःप्राप्ति, पुनर्लाभ, क्षतिपूर्ति, सुधार ।

retrieve[1] n. पुनःप्राप्ति, पुनर्लाभ, सुधार (*beyond, past, ~*) ।

retrieve[2] v.t. & i. (विशेष जातिके कुत्तोंका) घायल पक्षीको ढूँढ लाना; स्मरण हो आना, याद होना, दिमागमें चढना; समृद्ध होना, सम्पन्न होना; पुनः प्रतिष्ठापित करना; त्राण करना, परित्राण करना, उद्धार करना, वापस लेना, फिर पाना, निकालना; थामना, सम्हालना; प्रतिकार करना, क्षतिपूर्ति करना, घाटा पूरा करना; भूल सुधारना, गलती ठीक करना ।

retrievement n. उद्धार, पुनरुद्धार; पुनःस्मरण; पुनःप्राप्ति, पुनर्लाभ, क्षतिपूर्ति, सुधार ।

retriever n. उद्धारक, पुनःस्थापक, फिरसे पानेवाला; मारे हुए शिकारकी खोज लानेवाला कुत्ता ।

retroact v. i. प्रतिक्रिया होना या करना या दिखाना, जवाबी अमल करना; प्रतिगामी होना, प्रतीपगमन करना, पश्चगमन करना, पीछेकी ओर चलना, उलटा चलना ।

retroaction n. = RETROACTIVITY.

retroactive a. प्रतिवर्ती, प्रतीप, विपरीत, प्रतिक्रियापूर्ण, प्रतिकूल दशामें चलनेवाला ।

retroactivity, retroaction nn. प्रतिक्रिया; अनुवर्तन, प्रतिचलन, विपरीतता, विरोध ।

retrobulbar a. पुत्तलिकापृष्ठस्थ, कृष्णमण्डलपृष्ठस्थ, तारापश्चस्थ, आँखकी पुतलीके पीछेवाला ।

retrocede[1] v.t. (कोई प्रदेश) प्रत्यर्पित करना, प्रतिदान करना, वापिस लौटाना ।

retrocede[2] v. i. प्रतिनिवर्तन करना, प्रत्यावर्तन करना, प्रत्यागमन करना, पीछे सरकना, पीछे हटना, लौटना ।

retrocedence n. प्रत्यागमन, स्थानान्तरगमन, प्रतिवर्तन; पश्चगमन, पश्चाद्गमन, वापसी, पीछे हटना; अन्तर्गमन, अन्तःप्रवेश ।

retrocedent a. प्रतिवर्ती, स्थानान्तरगामी, स्थान बदलनेवाला, मुड़नेवाला; पीछे हटनेवाला; भीतर-भीतर असर करनेवाला ।

retrocession n. प्रत्यावर्तन, प्रतिनिवर्तन, प्रत्यागमन, वापसी, पीछेको मुड़ना ।

retrocessive a. प्रत्यागमन-विषयक; प्रत्यर्पण-सम्बन्धी, मुड़नेवाला ।

retrochoir n. (गिरजाघरकी) ऊँची वेदीके पीछेका भाग ।

retrocollic a. पृष्ठ-पेशी-विषयक, पश्च-पेशी-सम्बन्धी, पीठकी पेशीका; गल-पेशी-विषयक, गलेकी पेशीका ।

retroduction n. पश्चानयन, पश्चापनयन, प्रत्यपनयन, पीछे लाना, लौटा लाना ।

retroflected, retroflex, -ed aa. पृष्ठाभिमुख वक्रित, पश्चाभिमुख वलयित, पीछेकी ओर मुड़ा हुआ ।

retroflexion n. पृष्ठाभिमुख वक्रण, पश्चाभिमुख वलयन, पीछेकी ओरका मोड़ ।

retrofract a. = RETROFRACTED.

retrofracted a. = RETROFLECTED.

retrogradation n. (गणित ज्यो०) प्रतीपगमन, विपरीतगमन, विपरीत गति, गिरावट, वापसी; पूर्वसे पश्चिमकी ओर ज्योतिष्पिण्डकी गति ।

retrograde[1] n. प्रतिगामी, प्रतिवर्ती; (क्व०) पतित व्यक्ति; प्रतीपगामी प्रवृत्ति, प्रतिगमन, पश्चगति, प्रतीप कर्म या क्रिया ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

retrograde[2] a. पश्चाद्गामी, पश्चगामी, प्रतिगामी, प्रतीपगामी, विपरीतगामी; पतनशील, गिरता हुआ; विपरीत, प्रतीप, प्रतिलोम, प्रतिकूल, उलटा (~ *motion*)।

retrograde[3] v. i. (गणित ज्यो०) प्रतीपगति प्रकट करना, विपरीतगमन करना, पीछे होना, हटना, वापस होना, लौटना; पतित होना, गिरना; प्रत्यावर्तन करना, पूर्वस्थितिपर आना।

retrogress v. i. पश्चगमन करना, प्रतिक्रिया करना, प्रत्यागमन करना, पीछे लौटना, उलटा चलना, वापस होना; ह्रास होना, पतन होना, अवनति करना, नीचे गिरना।

retrogression n. (गणित ज्यो०) पश्चाद्गमन, प्रतीप गति, प्रतिगमन, अवगति, विपरीत गति, उलटी चाल, पलटा; ह्रास, अवनति, अपकर्ष, अधःपतन, पतन।

retrogressive a. प्रतीपगामी, प्रतिगामी, उलटा चलनेवाला (~ *phase*); पतनशील, अपकर्षी, ह्रसमान (~ *population*)।

retrogressiveness n. प्रतीपगामिता, प्रतिगामिता, उल्टी चाल; पतनशीलता।

retroject v.t. पश्चाभिमुख प्रक्षिप्त करना, पृष्ठाभिमुख क्षिप्त करना, पीछे फेंकना, पीछे करना।

retromingent[1] n. पश्चमूत्रोत्सर्गी पशु, पीछेकी ओर मूतनेवाला जानवर (जैसे, ऊँट)।

retromingent[2] a. पश्चमूत्रोत्सर्गी, पृष्ठमूत्रत्यागी, पीछेकी ओर मूतनेवाला।

retroperitoneal n. विलोमग्रसनी, ग्रसनीपृष्ठीय।

retroposition n. पश्चापनयन, पश्चापगमन, पृष्ठगमन, पीछेकी ओर स्थानान्तरण।

retropulsion n. (इंजिन इत्यादिका) परावर्तन, पश्चगमन, पृष्ठगमन, पीछेकी ओर चलना।

retropulsive a. पश्चगामी, पृष्ठगामी, पीछेकी ओर चलनेवाला।

retrorse a. अधोवक्रित, अधोवलयित, नीचेकी ओर मुड़ा हुआ; पश्चवक्रित, पृष्ठवलयित, पीछेकी ओर मुड़ा हुआ।

retrorsion n. अधोवक्रण, अधोवलयन, नीचेकी ओर मोड़; पश्चवक्रण, पृष्ठवलयन, पीछेकी ओर मोड़।

retrospect n. गतानुदर्शन, गतकालापेक्षा, सिंहावलोकन, अनुदर्शन, अतीत-पर्यालोचन, भूतावलोकन, पूर्वदृष्टान्त, अतीतावस्थाओंकी मान्यता, पिछले हालातकी परीक्षा (*a short ~ is now necessary*); (क्रि०) गतकालापेक्षी शक्ति, गत प्रभाव; प्रतिगामी दृष्टिकोण, पुराना विचार।

retrospection n. अतीतपर्यालोचन, सिंहावलोकन, गतावलोकन, गतानुदर्शन; अतीतविषया दृष्टि।

retrospective a. अतीत-सम्बन्धी, अतीतप्रभावी (~ *law*); भूतलक्षी, अनुदर्शी, अतीतदर्शी, गतावलोकी, गतानुदर्शी; अतीत-पर्यालोचन-सम्बन्धी; भूतापेक्षी, गतकालसापेक्ष, पश्चगामी, प्रतिक्रियावादी; अतीतविषय-घटित; ~ effect पूर्वापेक्षी प्रभाव।

retrospectiveness n. अतीतसम्बन्धिता, अतीतप्रभाविता; भूतलक्षिता, अनुदर्शिता, अतीतदर्शिता, गतानुदर्शिता; अतीतपर्यालोचकता, भूतापेक्षिता, गतकालसापेक्षता; पश्चगामिता, प्रतिक्रियावादिता; दकियानूसीपन।

retrosternal a. उरोस्थिपृष्ठ, छातीकी हड्डीके पीछेका (~ *goitre*)।

retroussage n. (तश्तरी इत्यादिके डिजाइनको साफ करनेके लिए) रागापनयन, रंग हटाना।

retrousse a. ऊर्ध्वक्षिप्त, ऊर्ध्वप्रक्षिप्त, उपरिक्षिप्त, ऊपर उठी हुई (जैसे, नाक)।

retroversion n. पश्चगमन, पृष्ठगमन, मोड़, लौटना, पीछेकी ओर जाना।

retrovert v.t. पश्चगमन करना, पृष्ठगमन करना, लौटना, मुड़ना, पीछेकी ओर जाना।

retrovision n. प्रतिदृष्टि, पश्चदृष्टि, पिछली घटनाओंको प्रत्यक्ष करनेकी शक्ति।

rettery n. तन्तुवेचनालय, तन्तुवेचनगृह, तन्तुवेचनशाला, सनको सड़ानेकी जगह।

retting n. तन्तुवेचन, सड़ाना (~ *tank*)।

retund v.t. दलित करना, दबाना; प्रत्याख्यान करना, अस्वीकार करना; मन्द बनाना, मूढ़ बनाना, मूर्ख बनाना।

return[1] n. प्रत्यागमन, प्रत्यावर्तन, निवर्तन, पुनरागमन, वापसी, लौटाव (*his ~ was a signal for riots*); (स्था०) पश्चगत भाग, प्रतिवृत्त भाग, पीछे हटा हुआ हिस्सा; (प्रायः pl.) आगम, प्रतिफल, फल, लाभ, लाभप्राप्ति, आय, आमदनी, मुनाफा, नफा (*brings an adequate ~*); शोध, परिशोध, प्रतिदान, प्रत्युपकार, प्रत्यर्पण, अदायगी, चुकाव, चुकौती, बेबाकी, भरपायी; (चुनाव अधिकारी द्वारा घोषणाक्रम द्वारा आँकड़ोंके साथ दिया गया) औपचारिक प्रविवरण, विवरणी; (pl.) एक प्रकारकी हल्की तम्बाकू; (pl.) अंकपत्र, सामयिक विवरण; fencer's ~ तलवारका जवाबी दाँव, प्रतिप्रहार, ~ ticket वापसी टिकट;

~ book, ~ cargo, ~ day, ~ day book, ~ emigrant, ~ gift, ~-half, ~ inward, ~ journey, ~ journey coupon ticket, ~ match, ~ outward book, ~-period, ~ permit, ~ post, ~ voyage.

return[2] v. i. & t. प्रतिनिवर्तन करना, प्रतिवर्तन करना, प्रत्यागमन करना, वापिस जाना या होना या आना, फिरना, पलटना, लौट आना; शोध करना, प्रतिशोध करना, परिशोध करना, प्रत्यर्पण करना, प्रतिप्रेषित करना, वापस करना, फेर देना, दे देना, चुकाना, बदलेमें अदा करना; प्रत्युत्तर देना, उलटकर बात करना, जवाबमें कहना; प्रविवरण देना, रिपोर्ट भेजना; ~ *thanks* धन्यवाद देना।

returnable a. प्रत्यावर्त्य, प्रत्यावर्तनीय, प्रत्यर्पणीय, परिशोधनीय, वापसीके लायक, लौटाने योग्य; निर्वाच्य, निर्वाचनीय, चुने जाने योग्य।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

returned a. प्रत्यागत, प्रतिवर्तित, प्रतिनिवृत्त, वापस किया हुआ; शोधित, परिशोधित, प्रत्यर्पित, प्रतिप्रेषित, वापस दिया हुआ; निर्वाचित (~ *candidate*)।

returner n. प्रतिनिवर्तक, प्रत्यागन्ता, वापस आनेवाला; शोधयिता, प्रतिशोधयिता, परिशोधयिता, प्रत्यर्पयिता, प्रतिप्रेषक, वापस करनेवाला; प्रत्युत्तरदाता, उलटकर बात कहनेवाला; प्रविवरण देनेवाला, बयान करनेवाला।

returning a. प्रत्यावर्ती; प्रतिप्रेषी, निर्वाची; ~-officer निर्वाचन अधिकारी।

returnless a. प्रत्यागमन रहित; विवरणहीन; परिशोधरहित।

retuse a. अतीक्ष्ण, गोंठिल, भोथरा।

reunification n. पुनरेकन, पुनःसंयोग, पुनर्मिलन, पुनःसमागम।

reunify v.t. पुनरेकन करना, पुनःसंयोग करना, पुनर्मिलन कराना, पुनःसमागम कराना।

reunion n. पुनरेकीकरण, पुनरेकन, पुनःसंयोग, पुनर्मिलन, पुनःसमागम; पुनः सम्मिलित राज्य, पुनर्विलीन राज्य; मित्रमिलन; प्रीति-समारोह, गोष्ठी, जलसा; नया जोड़।

reunionism n. पुनःसमागमवाद, पुनर्मिलनवाद।

reunionist n. पुनःसमागमवादी, पुनर्मिलनवादी।

reunite v.t. पुनर्मिलित करना या होना, पुनः एकता लाना या होना, फिर जोड़ना या जुड़ना, फिर मिलाना या मिलना।

reunited a. पुनरेकीकृत, पुनर्मिलित (~ *coparcener*)।

reus n. ऋणी; व्यवहार-प्रतिवादी।

rev[1] n. = REVOLUTION (इंजिनके सम्बन्धमें)।

rev[2] v. i. & t. (*up* के साथ) घूमना, चक्कर खाना, तेजीसे घूमना, फिरना; (प्रायः *up* के साथ, इंजनको) तेजीसे चलाना।

revaluation n. पुनर्मूल्यन।

reveal[1] n. (खिड़की या दरवाजेके) भीतरी पहलूकी सतह।

reveal[2] v.t. व्यक्त करना, अभिव्यक्त करना, स्फुट करना, उद्घाटित करना, प्रकाशित करना, खोलना; प्रकट करना, प्रदर्शित करना, दिखाना, जाहिर करना; भण्डा फोड़ना पर्दाफाश करना; बताना; ~ *itself* दृष्टिगत होना, दिखायी देना, नजर आना।

revealable a. उद्घाटनीय, प्रकाशनीय, प्रदर्शनीय, व्यक्त करने योग्य, प्रकट करने योग्य, बताने लायक, जाहिर करने काबिल।

revealableness n. उद्घाटनीयता, प्रकाशनीयता, प्रकाश्यता, प्रदर्शनीयता, व्यक्त करनेकी योग्यता, प्रकट करनेकी योग्यता।

revealer n. उद्घाटक, भेदक, प्रकाशक, व्यंजक, प्रदर्शक, व्यक्त करनेवाला, प्रकट करनेवाला, जाहिर करनेवाला।

revealment n. प्रकटीकरण, व्यक्तीकरण, अभिव्यक्ति, उद्घाटन, प्रकाशन।

reveille n. (सेनाके उठनेके लिए) भैरीनाद, तूर्यनाद।

revel[1] n. आमोद-प्रमोद, विलासोत्सव, पानोत्सव, रँगरेलियाँ; (विशे० ~-*rout*) कोलाहलपूर्ण समारोह, पानमहोत्सव, धूमधामकी दावत।

revel[2] v.i. & t. आमोद-प्रमोद करना, पानोत्सव मनाना, विलासोत्सव करना, पानभोजोत्सव करना, गुलछर्रे उड़ाना; आमोद-प्रमोदमें लगा देना, हँसते-हँसते काट देना, मौजमें खर्च कर देना।

revelation n. अभिव्यक्ति, प्रकाशन, व्यक्तीकरण, प्रकटीकरण, इजहार; रहस्योद्घाटन; दैवीशक्ति-स्फुरण, श्रुतिप्रकाश, ईश्वरीय ज्ञान, आकाशवाणी, दैवी संदेश, इल्हाम; रहस्योद्घाटन (*it was a ~ to me*)।

revelational a. श्रुतिप्रकाश-सम्बन्धी, इल्हामका।

revelationist n. *The R*~ बाइबिलके एक प्रत्यादेशका रचयिता; दैवी श्रुतिप्रकाशमें विश्वास करनेवाला।

revelative a. उद्घाटक, प्रकाशक, प्रदर्शक, व्यक्त करनेवाला, प्रकट करनेवाला, बतानेवाला, जाहिर करनेवाला।

revelatory a. प्रकाशनीय, अभिव्यक्ति-विषयक, प्रकटीकरण-सम्बन्धी, इजहारका; श्रुतिप्रकाश-विषयक, दैवीज्ञान-सम्बन्धी।

revellent a. (औषध०) प्रत्युत्तेजक, प्रत्युत्तेजनकारी, प्रत्युपदाहकारी।

reveller n. आमोदक, उत्सवविलासी, आनन्द मनानेवाला, उल्लास मनानेवाला, उत्सव मनानेवाला, खुशी मनानेवाला।

revelment n. = REVELRY.

revelry n. आनन्द, आमोद, उल्लास, उत्सव, मस्ती, खुशी, रंगरेलियाँ।

revenant n. प्रत्यावर्ती; भूत, प्रेत

revendication n. राज्यप्रत्यावर्तन।

revenge[1] n. वैरयातन, वैरशोधन, प्रतिशोध, प्रतिकार, प्रतिद्रोह, प्रत्यपकार, प्रतिहिंसा, बदला; प्रतिहिंसापूर्ण भावना, बदलेकी इच्छा; एक प्रकारका बदलेका खेल।

revenge[2] v.t. & i. वैरयातन करना, वैरशोध करना, प्रतिशोध करना, प्रतिकार करना, प्रतिहिंसा करना, बदला लेना, द्वेष या वैर निकालना।

revengeful a. प्रतिकारपरायण, प्रतिहिंसापरायण, प्रतिहिंसाशील, प्रत्यपकारशील, प्रत्यपकारी, प्रतिहिंसापूर्ण, बदला लेनेवाला।

revengefulness n. प्रतिकारपरायणता, प्रतिहिंसापरायणता, प्रतिहिंसापूर्णता।

revengement n. वैरयातन, वैरशोधन, प्रतिशोध, प्रतिकार, प्रतिहिंसा, बदला।

revenger n. वैरशोधयिता, प्रतिहिंसक, प्रत्यपकारक, बदला लेनेवाला।

revenue n. लाभ, आय, भागधेय, आगम, आमद, आमदनी; (pl.) आयकी सम्मिलित मदें (जैसे, *his ~s*); कर, राज्यकर, राजस्व, लगान, मालगुजारी; राज्यकी वार्षिक आय; राजस्वविभाग, मालका मुहकमा;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ cutter चौर्यायातको रोकनेके लिए नियुक्त पोत; ~ officer राजस्व-अधिकारी, राजस्व-कर्मचारी, माल या चुंगीका अफसर; ~ tax राजस्वकर, आगम-कर, मालपर महसूल;

~ account, ~ administration, ~ agent, ~ appeal, ~ authority, R~ Board, ~ bond, ~ budget, ~ cases, ~ circle, ~ clerk, ~ committee, ~ court, ~ court work, ~ defaulter, ~ department notification, ~ deposit, ~ deposit register, ~ duty, ~ establishment, ~ estate, ~ expenditure, ~-free, ~-free grant, ~-free property, ~ grant, ~ head, ~ history, ~ import duty, ~ laws, ~ legislation, ~ management, ~ maaual, ~ map, ~ matters, ~ minister, ~ money order, ~ office, ~ order sheet, ~ patel, ~ powers, ~ process, ~ producing fellings, ~ profit, ~ receipt, ~ record-keeper, ~ record-room receipts, ~ records, ~ recovery certificate, ~ refunds, ~ register, ~ remission, ~ report, ~ reserve fund, ~ roll, R~ Secretary, ~ staff, ~ stamp, ~ station, ~ survey, ~ survey marks, ~ system, ~ tariff, ~ traverse mark, ~ tribunal, ~ year.

reverberant a. (का०) प्रतिशब्दायमान, प्रतिध्वनिपूर्ण, गूँजनेवाला।

reverberate v.t. & i. प्रतिनिनाद करना, प्रतिनिनादित होना, प्रतिध्वनि करना, प्रतिध्वनित होना, गूँजना; प्रतिक्षेप करना, प्रतिबिम्बित होना, टकराकर पलट आना, प्रतिक्षिप्त करना या होना; लौटाना, वापस करना, हटाना; (क्व० भावना आदिका) प्रतिक्रिया उत्पन्न करना; (*upon* के साथ; रोंद इत्यादिका) चोट खाकर वापस लौटना, हटना।

reverberating a. प्रतिनिनादक, प्रतिध्वनक; प्रतिक्षेपी, प्रतिक्षेपक, प्रतिबिम्बक।

reverberation n. प्रतिनिनाद, प्रतिध्वनन, प्रतिध्वनि, प्रतिशब्द, गूँज; प्रतिक्षेपण, परावर्तन, प्रतिबिम्बन, प्रतिक्रिया, पलटाव।

reverberative a. (का०) प्रतिध्वनिपूर्ण, प्रतिनिनादपूर्ण, गूँजनेवाला।

reverberator n. प्रतिक्षेपी, प्रतिक्षेपक, परावर्तक; प्रतिक्षेपी प्रदीप, अक्सी लैम्प।

reverberatory a. & n. आन्दोलक; परावर्ती, प्रतिक्षेपी, प्रतिक्षेपकारी, प्रतिफलक, पलट या फेर देनेवाला; ~ furnace अग्निप्रतिक्षेपी भ्राष्ट्र या भट्ठी।

revere v.t. श्रद्धा रखना, पूजाभाव रखना, श्रद्धा करना, भक्ति रखना, सम्मान करना, आदर-सत्कार करना, अदब करना, इज्जत रखना।

reverence[1] n. श्रद्धा, भक्ति, पूजा, सत्कार, आदर, सम्मान, मान, अदब, इज्जत (*feel ~ for*; *pay ~ to*); श्रद्धा-भाव, श्रद्धालुता, आदर-भाव (*the younger generation lacks ~*); (प्रा०) नम्रता, विनय, सौजन्य, भद्रता; दण्डवत्, प्रणाम, नमस्ते, नमस्कार, अभिवादन, बन्दगी; श्रद्धेयत्व, श्रद्धेयता, पूज्यता।

reverence[2] v.t. श्रद्धा करना, सम्मान करना, आदर करना, सत्कार करना।

reverenced a. पूज्य, श्रद्धेय, मान्य, समादरणीय।

reverencer n. श्रद्धालु, भक्त, सत्कर्ता, आदरकर्ता, सम्मानकारी, अदब करनेवाला, इज्जत करनेवाला; दण्डवत् करनेवाला, प्रणाम करनेवाला, नमस्ते करनेवाला, नमस्कर्ता।

reverend[1] n. (प्रायः pl.) पादरी।

reverend[2] a. (पादरी, बिशपके विषयमें) मान्य, माननीय, आदरणीय, पूजनीय, श्रद्धेय, श्रद्धास्पद, पूज्य, पूज्यपाद, महाराज।

reverent a. नम्र, विनीत, वश्य, वशीभूत; श्रद्धापूर्ण, श्रद्धालु, भक्तिमान्, सम्मानकारी।

reverential a. भक्तिसूचक, भक्तिमूलक, मर्यादासूचक, विनीत, वश्य; सम्मानपूर्ण, श्रद्धालु, भक्तिमान्, श्रद्धापूर्ण, विनीत, सम्मानकारी।

reverer n. = REVERENCER.

reverie n. दिवास्वप्न, अलीक कल्पना, व्यलीक कल्पना, विशृंखल ध्यान, असंलग्न चिन्तन, मनमोदक, मनके लड्डू, उधेड़बुन, शेखचिल्लीके मन्सूबे, ख्याली पुलाव।

reversal n. विपर्यय, विपर्यास, वैपरीत्य, परिवर्तन, प्रतिकरण, परावर्तन, उत्क्रम, उत्क्रमण, उलट-पुलट; खण्डन, अस्वीकरण, प्रत्यादेश, मन्सूखी; उल्टी दिशामें घुमाव; पराजय, हार, पछाड़।

reverse[1] n. प्रतिकरण; पश्चात्पृष्ठ, पृष्ठभाग, उलटा रुख, प्रतीप, प्रतिकूलता, विपरीतता, उत्क्रम, विपर्यय, उलटा; विपक्ष, प्रतिपक्ष; (pl.) पराजय, पछाड़ (जैसे, *suffered a ~*); *on the ~* (मोटरकारको) पीछे चलाते हुए; पीठपर; *take in ~* शत्रुको पीछेसे मोरना।

reverse[2] v.t. & i. विपर्यस्त करना, प्रतीप करना, विपरीत करना, उलटना, पलटाना, फेरना, मोड़ना, औंधाना; (उपाधि; आघर्षण आदि) प्रतिसंहृत करना, रद्द करना; अधोवर्तन करना; पक्षान्तरण करना, स्थानान्तरण करना, निरसन करना, अभिशून्यन करना; प्रतिक्रमण करना, फिरना, मुड़ना, पलटना।

reverse[3] a. प्रतिवर्ती, विपर्यस्त (*~ curve*); प्रतीप, विरुद्ध, प्रतिकूल, विपरीत, विलोम, उलटा, खिलाफ (*~ order*); ~ fire शत्रुके पीछे बौछार करना; ~ flank सैन्यका पिछला पार्श्व।

reversed a. प्रतिवर्तित, विपर्यस्त, विपरीत, उत्क्रान्त, उलटा हुआ, औंधा (*~ position*)।

reverser n. विपर्यासक, प्रतीपक, विपरीतक, उलटनेवाला, पलटनेवाला, औंधानेवाला; (उपाधि इत्यादिका) प्रतिसंहर्ता, रद्द करनेवाला; अधोवर्तक; पक्षान्तरक व्यक्ति,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

स्थानान्तरक व्यक्ति ।

reversibility n. विपर्येयता, विपर्यासनीयता, परिवर्तनीयता, व्यतिक्रम, उत्क्रमणीयता; खण्डनीयता ।

reversible a. प्रतिवर्त्य, परिवर्त्य, विपर्येय, उत्क्राम्य, उत्क्रमणीय, विपर्यासयोग्य, परिवर्तनीय, परिवर्तनसाध्य, प्रतिलोमी (*~ process, reaction*); खण्डनीय ।

reversing a. प्रतिवर्ती, उलटा करनेवाला (जैसे, *~ gear, handle*) ।

reversion n. प्रत्यावर्तन, प्रत्यागमन, प्रतिनिवर्तन, पलट, वापसी; विपर्ययण, विपर्यय, (सम्पत्ति आदिका) परावर्तन, अन्तिम उत्तराधिकारीके पास लौट आना; उत्तराधिकार; (सम्पत्तिधारीकी मृत्युके लिए स्वीकृत) बीमाधन, निधि ।

reversional, reversionary aa. क्रमप्रापणीय, उत्तराधिकार-विषयक, सम्पत्तिप्रत्यावर्तन-सम्बन्धी, देय-धन-सम्बन्धी; प्रतिवर्ती, प्रत्यावर्ती, उत्तरभोग्य, भावी-स्वत्व-विशिष्ट (*~ bonus*); प्रत्यावर्तन-सम्बन्धी; पूर्वस्थापना-विषयक ।

reversioner n. (कानून) प्रत्यावर्ती, उत्तरभोगी ।

revert[1] n. पुनः स्वधर्म ग्रहण करनेवाला व्यक्ति ।

revert[2] v.i. & t. पश्चगमन करना, पश्चाद्गमन करना, पीछे करना या होना; प्रत्यावृत करना, प्रतिवर्तन करना, प्रत्यावर्तित होना, प्रतिनिवृत्त करना, फेर देना, उलट देना, फिरना, उलटना, वापस लाना या होना; पूर्वस्थितिपर पहुँचना या पहुँचाना; (सम्पत्ति आदिका) उत्तराधिकारीके हाथमे पहुँचना, असली मालिकके पास लौट आना, (अप्र०) वन्य जीवन ग्रहण करना, जंगली अवस्थामें पहुँचना; (सोच-विचार या बातचीतमें किसी विषयपर) बार-बार आना; आँखें फेरना, निगाह फेरना; (क्व०) पीछे कदम रखना ।

reverted a. विपर्यस्त, विपरीत, उलटा, पीछेकी ओर मुड़ा हुआ; प्रत्यावृत्त, प्रतिनिवृत्त, प्रत्यागत ।

reverter n. (कानून) प्रतिस्वामी, पुराना मालिक ।

revertible a. प्रत्यावर्तनीय, परावर्तनीय, प्रतिनिवर्तनीय, फिरने योग्य; असली मालिकको लौटाया जानेवाला, पूर्वस्थितिपर पहुँचाने योग्य ।

reverting, -tive aa. प्रतिवर्तनक्षम, प्रत्यावर्ती, परावर्तनशील, लौटानेवाला ।

revest v.t. पुनर्निहित करना; पुनः सज्जित करना, फिर कपड़े पहनाना ।

revet v.t. (दीवार आदिका) पुश्ता बनाना, पुश्तबान तैयार करना, पुश्ताबन्दी करना ।

revetment n. प्रतिधार, पुश्ता, पुश्तबान, सहारेकी दीवार; पुश्ताबन्दी ।

revictual v.t. पुनः भोजन देना, फिरसे खाना देना ।

review[1] n. पर्यवेक्षण, सिंहावलोकन, पुनर्विलोकन, पर्यालोचन, पुनरीक्षा, पुनर्विचार, तहकीकात; (सैन्य-प्रदर्शनका) औपचारिक निरीक्षण, फौजी मुआयना; आलोचन, समीक्षा, विवेचन, निरूपण, समालोचना; समीक्षिका, समीक्षापत्र, समालोचनापत्र, सामयिक पत्रिका; *pass in ~* (ला०) परीक्षा देना, परीक्षित होना, इम्तहान देना, जाँचा जाना ।

review[2] v.t. परिवेक्षण करना, पुनर्निरीक्षण करना; पुनर्विचार करना, पुनरीक्षा करना, पुनर्विलोकन करना, फिरसे देखना, फिरसे जाँचना; सिंहावलोकन करना, आद्योपान्त देख जाना, शुरूसे आखीरतक दुहराना; (सैन्यदलोंका) निरीक्षण करना; समीक्षा लिखना, समालोचना लिखना ।

reviewable a. पर्यालोचनीय, पुनर्विलोकनीय, पुनरीक्षणीय, पुनर्विचारणीय, सिंहावलोकनीय, पुनर्दर्शनीय; समीक्ष्य, समालोचनीय ।

reviewal n. समीक्षा, समालोचना, पुनर्विचार, = REVIEW[1] ।

reviewer n. समीक्षक, समालोचक, विवेचक, निरूपक, आलोचक; पर्यवेक्षक, परिदर्शक ।

revile v.t. & i. निर्भर्त्सना करना, भर्त्सना करना, तिरस्कार करना, अपशब्द कहना, गालियाँ देना, खरी-खोटी सुनाना, बुरा-भला कहना ।

revilement n. निर्भर्त्सना, भर्त्सना, तिरस्कार, अपशब्द-प्रयोग, गाली-गलौज, खरी-खोटी (सुनाना) ।

reviler n. अपमानक, निर्भर्त्सक, निन्दक, अपवादक, गालियाँ देनेवाला, बुरा-भला कहनेवाला ।

reviling n. निर्भर्त्सना, भर्त्सना, गर्हणा, अपवाद, गाली-गलौज ।

revisable a. संशोधनीय, पुनःपरीक्षणीय, सुधारके योग्य ।

revisal n. पुनःपरीक्षा, पुनरीक्षण, पुनर्दर्शन, संशोधन, दुबारा जाँच, दुहराव ।

revise[1] n. आवृत्ति, पुनरावृत्ति, दुहराव; संशोधन, सुधार, जाँच; (क०) फिरसे देखा हुआ फर्मा; (मुद्र०, संशोधनके बाद उठाया हुआ) प्रूफपत्र ।

revise[2] v.t. पुनःपरीक्षण करना, पुनर्निरीक्षण करना, पुनरीक्षण करना, पुनर्विचार करना, संशोधन करना, जाँचना; आवृत्ति करना, पुनरावृत्ति करना, दुहराना, दोहराकर सुधारना, दोबारा देखना ।

revised a. आवृत्त, पुनरावृत्त, पुनरीक्षित, संशोधित (जैसे, *~ agenda, assessment, assets*) ।

reviser n. संशोधक, संशोधनकर्ता, पुनरीक्षक, दुहरानेवाला ।

revision n. संशोधन, सुधार, पुनःपाठ; पुनरावृत्ति, दोहराव; (कानून) पुनरीक्षण, निगरानी (*~ case*) ।

revisionable a. पुनरीक्ष्य, पुनरीक्षणीय ।

revisional, revisionary aa. संशोधन-विषयक, सुधार-सम्बन्धी, पुनःपाठ-सम्बन्धी पुनरीक्षण- ।

revisionism n. संशोधनवाद, सुधारवाद, सुधार-सिद्धान्त ।

revisionist n. संशोधनवादी, सुधारवादी, सुधार-सिद्धान्ती ।

revisit v.t. पुनः मिलना, दुबारा भेंट करना, फिर देखने जाना ।

revisory a. = REVISIONAL.

revivable a. पुनरुज्जीवनीय, पुनरुद्धारणीय, अनुप्राण-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

नीय, सक्रिय बनाने योग्य, सचेत करने योग्य।

revival n. पुनरुद्धार, पुनरुत्थान, पुनरुज्जीवन, उज्जीवन, पुनर्जीवन; पुनरुन्नयन, पुनःप्रवर्तन, पुनरुद्दीपन, पुनःप्रचलन, पुनः प्रवृत्ति, फिर रिवाजमें आना (~ *of learning, of architecture*); धार्मिक, पुनर्जागरण; अनुप्राणन, पुनश्चेतना, चेतनालाभ, अभिबोध।

revivalism n. धार्मिक पुनर्जागरणवाद, सांस्कृतिक पुनरुत्थानवाद।

revivalist n. धार्मिक पुनर्जागरणवादी, सांस्कृतिक पुनरुत्थानवादी।

revivalistic a. धर्मजागरणवादी, धार्मिक पुनरुद्धार-विषयक; पुनरुत्थानवादी।

revive v. i. & t. पुनरुज्जीवित करना, पुनः जीवन प्रदान करना, जिलाना, जी उठना; पुनः सचेतन करना, फिरसे चेतन होना, फिरसे होशमें लाना या आना; अनुप्राणित होना, उद्बोधित होना; वैध होना, वैधता प्रदान करना; ध्यान दिलाना; पुनरुद्धार होना या करना, पुनः प्रचलित करना या होना, फिरसे प्रचारमें आना या करना; (धातु आदिको, विशे० पारेको) पूर्वावस्थामें लाना, प्राकृतिक अवस्थामें लाना।

reviver n. पुनरुज्जीवनदाता, पुनरुद्धारकर्ता, नयी चेतना देनेवाला; (ग्रा०) उत्तेजनाप्रद पेय; स्फूर्तिदायक मदिरा; (उड़े हुए रंगको) फिरसे चमकानेवाला मिश्रण-विशेष।

revivification a. अनुप्राणन, पुनरुज्जीवन, पुनर्जीवन, पुनर्जीवन-दान; (पारेको) प्राकृतिक अवस्थामें लाना।

revivify v.t. पुनरुज्जीवित करना, अनुप्राणित करना, जीवनीशक्ति भरना, नवशक्ति-संचार करना, फिरसे जिलाना, नयी जिन्दगी देना, नयी रूह फूँकना; सक्रिय करना, क्रियाशील बनाना।

reviviscence n. पुनरुज्जीवन, पुनर्जीवन, नया जीवन, नयी जिन्दगी।

reviviscent a. पुनर्जीवनप्राप्त, नवजीवनप्राप्त, नयी जिन्दगीवाला।

revivor n. (वादका) पुनरुत्थापन, पुनरुन्नयन, मृत्युके उपरान्त फिरसे दावा खड़ा कर देना।

revocable a. प्रत्याहरणीय, प्रतिसंहरणीय, प्रतिसंहार्य, प्रत्यावर्तनीय, निरसनीय, खण्डनीय, वापस लेने लायक, मंसूखीके लायक (~ *credit*)।

revocableness n. प्रत्याहरणीयता, प्रतिसंहरणीयता, निरसनीयता, खण्डनीयता, प्रत्यपनेयता।

revocation n. प्रत्याहरण, प्रतिसंहरण, निरसन, प्रत्यादेश, खण्डन, मंसूखी।

revocatory a. प्रतिसंहरणीय, प्रत्यावर्तनशील, खण्डनात्मक, मंसूखीका, रद्द करनेका।

revokable a. प्रतिसहरणीय, निरसनीय, खण्डनीय, मंसूखीके काबिल; प्रत्यपनेय, प्रत्यावर्तनीय; प्रत्यास्मरणीय; प्रत्युपयोजनीय।

revoke[1] n. (क०) प्रतिसंहरण, निरसन, खण्डन, मंसूखी; प्रत्यपनयन, प्रत्याह्वान, प्रत्यावर्तन; प्रत्यास्मरण; प्रत्युपयोजन, पुनरुपयोजन।

revoke[2] v.t. & i. (सम्मति, प्रतिज्ञा इत्यादिका) प्रतिसंहरण करना, विखण्डन करना, खण्डन करना, निरसन करना, तोड़ना, रद्द करना, हटाना, मंसूख करना; प्रत्यानयन करना, प्रत्याह्वान करना, प्रत्यावर्तन करना; प्रत्यास्मरण करना, प्रत्युपयोजन करना, पुनरुपयोजन करना।

revoked a. प्रतिसंहृत, विखण्डित, खण्डित, निरसित (~ *licence*)।

revokement n. = REVOCATION.

revolt[1] n. विद्रोह, राजद्रोह, विप्लव, बगावत, गदर, बलवा; पक्षत्याग।

revolt[2] v.i. & t. विद्रोह करना, राजद्रोह करना, विप्लव करना, बगावत करना, बागी होना, गदर मचाना, बलवा मचाना; जुगुप्सा उत्पन्न करना या होना, विरक्त होना, घृणा करना, घिन पैदा होना (*common sense ~s against it*); आघात करना।

revolted a. विद्रोही, विप्लवी, कृतविद्रोह।

revolter n. विद्रोही, राजद्रोही, विप्लवी, बगावती, बागी, गद्दार, बलवाई।

revolting a. जुगुप्साजनक, घृणाजनक, बीभत्स, विरक्तिकर, अरुचिकर, गर्ह्य, घिनौना; विद्रोही, बगावत करनेवाला।

revolute[1] v.i. राजनैतिक क्रान्ति करना, इनकलाब लाना।

revolute[2] a. (वन० आदि) बहिर्वलित (पीछेको मुड़े हुए किनारेवाला)।

revolution n. परिक्रमण, परिक्रमा, आवर्तन, परिभ्रमण, घूर्णन, आवर्त, घुमाव, घुमरी, भँवर, चक्कर; परिक्रमणका समय; परिक्रमणकी पूर्णता; चक्रावर्तन; (राज्य) क्रान्ति, पूर्णपरिवर्तन, उथल-पुथल, इनकलाब, हेरफेर, रद्दोबदल।

revolutional a. क्रान्तिकारी; क्रान्ति-विषयक।

revolutionary[1] n. क्रान्तिकारी, विप्लवकारी, विप्लवी; क्रान्तिवादी।

revolutionary[2] a. वैप्लविक, क्रान्ति-विषयक, क्रान्तिकारी, क्रान्तिमान्, इनकलाबी (जैसे, ~ *change*); उग्रपरिवर्तनवादी, घोरपरिवर्तनवादी; (क्व०) घूर्णन-शील, परिक्रमा-सम्बन्धी।

revolutionism n. क्रान्तिवाद, विप्लववाद, इनकलाबपसन्दी।

revolutionist n. क्रान्ति पैदा करना, विप्लववादी, इनकलाबी।

revolutionize v.t. क्रान्तिकारी बनाना, आमूल परिवर्तित करना, राष्ट्रविप्लव सघटित करना, कायापलट करना, इनकलाब लाना।

revolve v.t. & i. परिगत करना, घूर्णित करना, परिक्रमा दिलाना, चक्कर खिलाना या खाना, घूमना या घुमाना, चक्कर काटना (*earth ~s both round* or *about the Sun & on its axis*); ध्यानपूर्वक विचार करना, गम्भीर विचार करना, गम्भीर चिन्ता

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

करना, उधेड़-बुन करना।

revolvency n. परिक्रमण, घूर्णन, घुमाव; परिक्रमणशीलता।

revolver n. पिस्तौल, रिवाल्वर।

revolving a. भ्रमत्-, आवर्ती-, परिक्रामी, परिक्रमणशील, परिभ्रामी (~ *bookshelf, line*)।

revue n. (सामयिक घटनाओंके विद्रूपात्मक चित्रणसे युक्त) विशृंखल नाटक या खेल।

revulsant n. प्रत्युत्तेजक ओषधि, प्रत्युपदाहक दवा।

revulsion n. प्रत्युत्तेजन, प्रत्युपदाह (दूसरे अंगपर प्रभाव डालकर किसी अंगकी चिकित्सा); प्रतिकर्षण, खिंचाव (*the ~ of capital*); भावनाकी क्रान्ति, भावना(में आकस्मिक घोर) परिवर्तन; प्रतिक्रिया, पलटा; विराग, जुगुप्सा, घृणा, घिन।

revulsionary a. प्रत्युत्तेजक, प्रत्युद्दाहक; खींचा जानेवाला; प्रत्युत्तेजनशील, प्रत्युद्दाहपूर्ण; प्रतिकर्षी, प्रतिवर्ती; परिवर्तन-सम्बन्धी, प्रतिक्रिया-विषयक, पलटेका; जुगुप्सा-विषयक, घृणा-सम्बन्धी।

revulsive[1] n. प्रत्युत्तेजनकारी या प्रत्युद्दाहकारी औषध।

revulsive[2] a. प्रत्युत्तेजनात्मक, प्रत्युपदाहशील; प्रत्युत्तेजक, प्रत्युद्दाहक।

reward[1]* n. पुरस्कार, पारितोषिक, इनाम*; श्रमफल, पारिश्रमिक; प्रतिदान, प्रतिफल, बदला।

reward[2] v.t. श्रमफल देना, पुरस्कार या पारिश्रमिक देना; क्षतिपूर्ति करना, मुआवजा देना; दण्ड देना, सजा देना।

rewardable a. परितोष्य, पुरस्कार्य, पुरस्करणीय, इनामके लायक।

rewardableness n. परितोष्यता, पुरस्कार्यता, पुरस्करणीयता।

rewarder n. परितोष्टा, पुरस्कर्ता, इनाम देनेवाला।

rewardful a. पारितोषिकप्रद, पुरस्कारयुक्त, इनामवाला।

rewardless a. पारितोषिकरहित, पुरस्कारशून्य, बेइनाम; प्रतिफलरहित।

rex n. सम्राट्, राजा, महाराजा, बादशाह, सुल्तान।

rexine n. (जिल्द बनानेका) कृत्रिम चर्म, रेक्सीन।

Reynard n. एक लोमड़ी; लोमड़ी (का व्यक्तिवाचक नाम)।

rhabdoidal a. दण्डाकार, बेतसरूप, छड़ जैसा।

rhabdology, -mancy n. दिव्य-शक्ति-दण्डप्रयोग, जादूके डण्डेका प्रयोग; दण्डज्यौतिष, दण्डविद्या।

Rhadamanthine a. कठोर, कड़ा, ईमानदार (न्यायाधीश)।

Rhaetic n. & a. रीशियन आल्प्सके स्तरों (से सम्बन्धित)।

Rhaeto-Romance nn. द० पू० स्विटजरलैण्ड और टायरालकी बोलियोंका नाम।

Rhaeto-Romanic aa. रोमांस भाषा-सम्बन्धी।

rhagon n. गुटिका, गिट्टी, रोड़ा।

rhamphoid a. चंचुरूप, चोंचका-सा।

rhapsode n. (प्राचीन ग्रीक) महाकाव्यपाठी कथावाचक या भाट।

rhapsodic a. महाकाव्य या उसके खण्ड-विशेषसे सम्बन्धित; भावपूर्ण काव्य-रचना-विषयक, उत्तेजनापूर्ण भाषण-सम्बन्धी; असंगत, असम्बद्ध, बेजोड़।

rhapsodical a. भावुकतापूर्ण, जोशीला; भावात्मक कविता-विषयक, उत्तेजनापूर्ण भाषण-सम्बन्धी; असंगत, असम्बद्ध, अनर्गल, बेजोड़, बेमेल।

rhapsodist n. असंलग्न कथक, अचिन्तितपूर्व लेखक; आशुकवि; महाकाव्य-प्रणेता।

rhapsodize v.i. & t. आवृत्ति करना, पुनरावृत्ति करना, सस्वर पाठ करना; महाकाव्य या भावात्मक कृतिकी चर्चा करना, असंलग्न वाक्यावली रचना।

rhapsody n. (एक समयमें गाया जा सकनेवाला) असम्बद्ध काव्य या उसका एक खण्ड; असंलग्न रचना, असम्बद्ध वाग्विन्यास; भावमय काव्य, जोशीली कविता।

rhea n. उष्ट्रपत्री (एक प्रकारकी घास); (ग्रीक पुराण) पंचम उपशनि; (द० अमरीका) पैरकी तीन उँगलियोंवाला शुतुरमुर्ग।

rhematic a. शब्दनिर्माण-सम्बन्धी; क्रियागत।

Rhenish[1] n. राइन प्रदेशकी मदिरा-विशेष।

Rhenish[2] a. राइन और उसके तटवर्ती प्रदेशोंसे सम्बन्धित।

rhenium n. वाष्पातु (मैंगनीज वर्गका एक विरल धातु-तत्त्व)।

rheochord n. स्रोतस्थाप, विद्युत्प्रवाह-मापक तार।

rheocrat n. प्रवाहनियन्त्र, गतिनियन्त्रक यन्त्र।

rheology n. द्रवप्रवाहिकी, द्रवगतिकी, द्रवप्रवाह-शास्त्र, द्रवगतिशास्त्र।

rheometer n. विद्युत्प्रवाहमान, विद्युत्प्रवाहमापक यन्त्र।

rheomotor n. विद्युत्प्रजनित्र।

rheoscope n. विद्युद्दर्श, विद्युद्दर्शक यन्त्र।

rheostat n. = RHEOCHORD.

rheotome n. विद्युत्प्रवाहच्छेदक यन्त्र।

rhesus n. छोटा बन्दर।

rhetor n. (प्राचीन ग्रीस या रोमका) अलंकार-शास्त्री, अलंकार-शिक्षक; (क्व०) वाग्मी, वक्ता, भाषणकर्ता।

rhetoric n. वाग्मिता, आकर्षक भाषण, प्रभावशाली भाषण; आलंकारिक भाषा; कृत्रिम एवं अत्युक्तिपूर्ण भाषा; (प्रायः pl.) रीतिशास्त्र, साहित्यशास्त्र, अलंकारशास्त्र; (आकृति या क्रिया-कलापकी) प्रेरकता, प्ररोचकता, प्रभावशालिता।

rhetorical a. आलंकारिक, अलंकारपूर्ण, कृत्रिम, अत्युक्तिपूर्ण; वाग्मितापूर्ण; प्रभावोत्पादक; वाग्मिता-विषयक; अलंकारशास्त्रीय; ~ question वाग्मितापूर्ण प्रश्न।

rhetorician n. अलंकारवादी, अलंकारशास्त्री, अलंकारशास्त्रका अध्यापक; वाग्मी, वाग्भट।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

rhetorize v.i & t. कुशल वक्ताका अभिनय करना; वाग्मितापूर्वक संशोधन करना; आलंकारिक रीतिसे कहना, अलंकारपूर्ण शैलीमें कहना, साहित्यिक बनाना।

rheum n. कास, श्लेष्मा, कफ, नज़ला, आँसू, आँव या लार; सर्दी, ज़ुकाम; (pl.) सन्धिपीड़ा, गाँठों या जोड़ोंका दर्द।

rheumarthrosis n. सन्धिवात, वातरोग, गठिया।

rheumatic[1] n. वातरोगी, वातरोगाक्रान्त व्यक्ति; (pl. बोल०) वातरोग, गठिया, बाई।

rheumatic[2] a. सन्धिवातीय, वातरोग-विषयक; सन्धिवातग्रस्त, वातरोगाक्रान्त, वातग्रस्त, वातोपहत, बाईका (~ *joint*); वातकारी, गठियाकारी; ~ fever आमवातिक ज्वर, सन्धिज्वर, वातज्वर, गठियेका बुखार।

rheumaticky a. (बोल०) वातग्रस्त, वातपीड़ित, गठियासे रुग्ण।

rheumatism, (ग्रा०) **rheumatiz** nn. अंगमर्ष, सन्धिवात, वातरोग, बाई, गठिया; वातरोगजन्य प्रमाद।

rheumatismal a. सन्धिवात-विषयक, वातरोग-सम्बन्धी, गठियेका।

rheumatiz n. = RHEUMATISM.

rheumatoid a. सन्धिवाताभ, वातरोग-जैसा, गठिया-जैसा या वाला।

rheumy a. (प्रा०) श्लेष्मायुक्त, कफमय, नजला-भरा; आँसूवाला; (वायु) नम, तर, सर्द, ठण्डी।

rhinal a. (शा० र० शा०) नासा-, नासीय, नाक-सम्बन्धी, नथुनेका (~ *fissure*)।

rhinalgia n. नासाशूल, नथुनोंका दर्द।

rhine n. घाटी, गर्त, खाई।

rhinitis n. नासाकोप, नासिका-प्रदाह, नासार्ति, नाककी सूजन।

rhino[1] n. गण्डक, गैंडा।

rhino[2] n. रुपया-पैसा, रोकड़ (*ready* ~)।

rhinoceros n. गण्डक, गैंडा (अफ्रीका और दक्षिण एशियाका जंगली जानवर); ~ beetle गण्डभृग, एकशृंगी कीड़ा।

rhinocerotic a. गण्डकीय, गण्डक-सम्बन्धी, गैंडे-जैसा या का।

rhinodynia n. नासापीडा।

rhinolith n. नासाश्म।

rhinological a. नासाशास्त्रीय, नासिकीय।

rhinologist n. नासाशानी।

rhinology n. नासिकी, नासा-विज्ञान, नासिका-शास्त्र; नासा-चिकित्सा-शास्त्र, नकबैदकी।

rhinorrhagia n. नासारक्तस्राव, नासीर, नकसीर।

rhinoscope n. नासाभ्यन्तर-दर्श, नासिकाभ्यन्तर-दर्शक यन्त्र।

rhinoscopy n. नासाभ्यन्तरदर्शन, नाकके अन्दरका भाग यन्त्रसे देखना।

rhizogenic a. (वन०) मूलोत्पादी, मूलजनक, जड़ पैदा करनेवाला।

rhizoid a. मूलवत्, मूल-सदृश, जड़-जैसा।

rhizome n. प्रकन्द, शिफास्तम्भ, शिफावृन्त, मूलस्तम्भ, मूलकोष्ठ, मूलग्रन्थि, राइज़ोम।

rhizophagous a. मूलाशी, मूलभक्षी, जड़ खानेवाला।

rhizophorous a. मूलीय, मूलधारी, जड़युक्त।

rho n. यूनानी वर्णमालाका र।

rhodanise v.t. (विद्युत् द्वारा) रोडियम धातुकी कलई करना।

Rhode Island n. अमरीकी जातिका कृष्ण-अरुणाभ घरेलू मुर्गा।

rhodic a. (रसा०) नाम्लातु-विषयक, रोडियम-सम्बन्धी।

rhodium[1] n. (~ *wood* भी) पाटलकाष्ठ, गुलाब, रोडियम (कनारी द्वीपकी सुगन्धपूर्ण लकड़ी)।

rhodium[2] n. (रसा०) नाम्लातु, रोडियम (प्लेटिनम वर्गकी कठोर सफेद धातु, जैसे, ~ *pen*)।

rhododendron n. तालीश-प्रजाति (एक प्रकारकी सदाबहार झाड़ी)।

rhodous a. नाम्लातुपूर्ण, रोडियमयुक्त।

rhomb n. तिर्यग्वर्ग, तुल्यचतुर्भुज, विषमकोण समचतुर्भुज-; समचतुर्भुजी काच-फलक; (मणिभ०) तिर्यगनीक, तिर्यगायत षडनीक; चक्र

rhombic a. तिर्यग्वर्गीय, तिर्यग्वर्गिक, तिर्यग्वर्गरूप, समचतुर्भुज-, चतुःसमभुजीय।

rhombohedron n. तिर्यगनीक, सम-तुष्फलक, तिर्यगायत षडनीक, (छः समचतुर्भुजोंका ठोसके आकारका मणिभ)।

rhombohedronal a. तिर्यगनीक-, तिर्यगायत षडनीक-सम्बन्धी, छः समचतुर्भुजोंसे निर्मित आकारका।

rhomboid[1] n. तिर्यगायत, विषमकोण आयत; अंसापकर्षणी, कन्धेकी हड्डियोंको मिलानेवाला पुट्ठा; ~ muscle अंसापकर्षणी, कन्धे और रीढ़की हड्डियोंको मिलानेवाला पुट्ठा।

rhomboid[2] a. तिर्यग्वर्ग-, तिर्यग्वर्गीय, समचतुर्भुजवत्, विषमकोण समचतुर्भुजीय।

rhomboidal a. तिर्यग्वर्गिक, तिर्यग्वर्गीय; तिर्यगाकार, विषमकोण समचतुर्भुजाकार।

rhombus n. (pl. *-es, rhombi*) = RHOMB; चपटी मछलीकी एक जाति।

rhotacism n *R* का अत्युच्चारण; *S* या *Z* के उच्चारण-का *R* कान्सा परिवर्तन, रकार प्रयोग।

rhotacize v. i. र करके बोलना।

rhubarb n. चीनरेच, रेवन्दचीनी, रेवाचीनी; रेवाचीनी लता-विशेष; पौधोंके गूदेदार डण्ठल; (गुण०) रेवाचीनीकी भाँति पिलाई लिये हुए भूरा (रंग)।

rhubarby a. रेवाचीनीय, रेवाचीनी-विषयक, रेवन्द-चीनीका, रेवन्द-जैसा।

rhumb n. (नौवि०) नौपथ, दिग्रेखा, राम्बस; दिक्सूचक यन्त्रके सिरोंके बीचका कोणीय अन्तर।

rhumba n. रम्बा, एक हब्शी नृत्य।

rhyme[1], **rime**[2] nn. अन्त्यानुप्रास, तुक, काफिया;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

मित्राक्षर कविता, तुकान्त कविता (*prefer blank verse to* ~); तुकका प्रयोग; तुकान्त शब्द; female *or* feminine ~ द्व्यक्षरी तुक; male *or* masculine ~ एकाक्षरी तुक; *without* ~ *or reason* अकारण, अटकलपच्चू, योंही।

rhyme, **rime**[2] vv. i. & t. तुकान्त कविताएँ लिखना, तुकबन्दी करना, तुक मिलाना या मिलना, पद्य लिखना, कविता लिखना; (कहानीको) पद्यबद्ध करना, तुकोंमें बाँधना; (तुकबन्दीमें) समय व्यतीत करना, तुक्कड़ बने फिरना; तुकें चुनना।

rhymeless a. अन्त्यानुप्रासहीन, तुकरहित, तुकहीन, बेतुका, बेकाफिया।

rhymelessness n. बेतुकी, बेतुकापन।

rhymer, rhymester nn. सामान्य कवि, पद्यकार, कुकवि, तुक्कड़, तुकान्त कविताओंका लेखक, तुकबाज।

rhyming a. अन्त्यानुप्रासानुसारी (जैसे, ~ *dictionary*)।

rhymist n. अन्त्यानुप्रास-कवि, तुक-प्रेमी पद्यकार।

rhynchodont a. दन्ततुण्ड, दाँतेदार चोंचवाला।

rhyparography n. अचल-वस्तु-चित्रण।

rhythm* n. गति, प्रवाह, वजन, रवानी; ताल*, लय*, छन्द, तालानुगति, लयानुगति, ठेका; (अंगोंका) सुस्वरात्मक सामञ्जस्य, मधुर सम्बन्ध।

rhythmic, -al aa. लयात्मक, लयानुगत, तालपूर्ण, तालबद्ध, लयबद्ध (~ *alternation*); प्रवाहपूर्ण; छन्दःसम्बन्धी; समन्वयात्मक, सामञ्जस्यपूर्ण; ताल-विषयक; लयतालानुसारी।

rhythmics n. तालविज्ञान, लयशास्त्र।

rhythmise v.t. & i. ताल लगाना, लय मिलाना, तालबद्ध करना, लयात्मक बनाना, छन्दोबद्ध करना।

rhythmist n. छन्दोवादी, लयवादी, लयप्रेमी, तालप्रेमी, प्रवाहवादी।

rhythmless a. लयहीन, तालरहित, प्रवाहशून्य, छन्दोविहीन।

rhythmus n. लय, ताल, प्रवाह।

rial n. ईरानी सिक्का = १८ नये पैसे, रेयाल।

rialto n. विनिमय, अदलाबदली; आपण, आपणवीथी, बाजार, हाट।

riant a. उल्लसित, हर्षित, मुदित, प्रसन्न, खुश; स्मितियुक्त, मुस्करानेवाला।

rib[1] n. पशु, पार्श्वास्थि, पसली, पाँजर; प्रनाड़ी; पत्ती, स्त्री, बीबी; (पत्तीकी) नस, रग; (परकी) डण्डी; पहाड़का आगे निकला हुआ खण्ड; भूस्तरके बीचकी दरार; हलके उभरे हुए रेखा-चिह्न; (रेतपर) लहरका चिह्न; (जाली बुननेके काममें) उभरी हुई रेखा; (जहाजकी) मुड़ी हुई लकड़ी; महराबदार छतकी डाट; पुलके गार्डर; शलाका, छातेकी कमानी या तीली; ~-grass, -wort छोटे पत्तेवाला केला; *poke* one *in the* ~*s* चुटकी काटना, (किसीका) ध्यान आकर्षित करना; ~ or ~*s of beef* etc. गोइतकी पसलियाँ इत्यादि; *smite under the fifth* ~ (बाइ०) पेटमें छुरा भोंकना।

rib[2] v t. पसली चढ़ाना, पसलियाँ जोड़ना; डाट लगाना, बन्द करना; तीली लगाना; उभरी हुई रेखाओंसे चिह्नित करना; आधा-आधा जोतना; कड़ी रखना।

ribald[1] n. नीच, अभद्र, अशिष्ट; विनोदी, असंगत विनोद करनेवाला, मुँहफट आदमी।

ribald[2] a. (भाषा या उसके प्रयोगकर्ताके सम्बन्धमें) अशिष्ट, अश्लील, कुत्सित, नीच, बेहूदा, गन्दा।

ribaldrous a. अश्लील, बुरा-भला, मुँहफट, गाली-गलौजवाला, बेहूदा।

ribaldry n. अश्लीलता, नीच वाक्य, अश्लील भाषण, अश्लील वार्ता, अश्लील कथन, बेहूदगी, फक्कड़पन, बुरी-भली बकवास, मुँहफटपन, गाली-गलौज।

riband n. = RIBBON.

ribanded a. = RIBBONED.

ribband n. (जहाज बनानेमें प्रयुक्त) लकड़ीकी पटिया।

ribbed a. पार्श्वास्थियुक्त, पाँजरयुक्त, पसलीवाला (~ *glass*); सकूट, पत्तीकी नसका।

ribbing n. छातेकी तीलियाँ।

ribbon n. पट्टिका, पट्टबन्ध, फीता; धज्जी, पतली लम्बी पट्टी, फीते-जैसी वस्तु; फीते-जैसा चिह्न; (pl. घोड़ोंकी) वल्गाएँ, बागें, रासें; ~ development किसी नगरका बाहरकी ओर फैलाव; ~-fish एक प्रकारकी पतली, चपटी, लम्बी मछली; ~-man रिबन सोसाइटीका सदस्य; R~ Society (१९वीं शती) आयर्लैण्डके रोमन कैथोलिकोंकी रिबन सभा; *hang in, torn to,* ~ धज्जी-धज्जी होना;

~ fern, ~-like, ~ spool, ~-worm.

ribboned a. फीतेदार, फीतेका।

Ribbonism n. रिबन-सभाके सिद्धान्त।

ribbonry n. बहुतसे फीते।

ribes n. (वन०) पाकवदरी, झरबेरी; किशमिश, चक्रांगगुलीका पौधा।

ribless a. पार्श्वास्थिरहित, पाँजरविहीन, बिना पसलीका; बिना नसका; (छाता) बिना तीलीका।

Ribston pippin n. एक प्रकारका सेब।

rice* n. धान्य, तण्डुल, धान*, चावल*; भात; धानका पौधा; ~-bird चावलचिड़िया, जावाकी गौरैया, अमरीकाकी गानेवाली चिड़िया; ~ milk चावलकी खीर; ~ water मण्ड, माँड़; माँड़-जैसा दस्त; ~ paper चावली कागज, (झीना) राईस पेपर;

~-beer, ~ biscuit, ~ bug, ~-field, ~-flour, ~-glue, ~ grain, ~-growing tract, ~ hull, ~ huller, ~ land, ~-mill, ~ milling, ~ moth, ~ polish, ~ polishings, ~-pounder, ~-pudding, ~ soil, ~-soup, ~-straw, ~ technology, ~ weevil, ~ zone.

rich a. समृद्ध, सम्पत्तिशाली, अर्थशाली, धनाढ्य, धनवान्, धनशाली, धनी, मालदार, दौलतमन्द; (देश) धन-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

धान्यपूर्ण, प्राकृतिक-साधन-सम्पन्न; प्रतापवान्, समृद्धिशाली; (भूमि) उर्वर, उपजाऊ; बहुमूल्य, मूल्यवान्, कीमती (~ *harvest*); भड़कीला, ठाठदार, शानदार, रोबदार; (खाद्य पदार्थ) सारवान्, पौष्टिक, चर्बीला; (रंग इत्यादि) नयनरंजक, नयनाभिराम दर्शनीय, सुन्दर, सौन्दर्यपूर्ण, चमकीला; (ध्वनियाँ तथा गन्ध आदि) मधुर, सुरीली, सुमधुर, अतिमिष्ट, मीठी; यथेष्ट, यथेप्सित, प्रचुर, विपुल, प्रभूत, पूर्ण, पर्याप्त, भरपूर, बहुत काफी (~-*clad*); (घटनाएँ) विनोदपूर्ण, मनोरंजक, मजेदार, दिलचस्प।

richen v. i. & t. समृद्धिशाली होना या बनाना, धनी बनना या बनाना, दौलतमन्द होना या करना; महार्घ बनना या बनाना, बहुमूल्य होना या करना।

riches n. (pl. की भाँति) अर्थ, ऐश्वर्य, विपुल धनराशि, प्रचुर साधन-सम्पन्नता, समृद्धि, विपुल सम्पदा, प्रचुर धनराशि, धन, वित्त, सम्पत्ति, धन दौलत; धनाढ्यता, सम्पन्नता, विभव, सम्पत्तिशालिता, दौलतमन्दी, अमीरी; प्राचुर्य, प्रचुरता, विपुलता, बहुलता, बहुतायत; उर्वरता; मूल्य, महार्घता; अलंकार-बाहुल्य; ~ *have wings* लक्ष्मी चंचला है, दौलतके पर होते हैं; *the* ~ धनिकवर्ग, धनी लोग।

richly adv. पूर्णतया, नितान्त (~ *deserves the reward*); प्रभूत, बहुत, भरपूर।

richness a. सम्पन्नता, धनबाहुल्य, धनाढ्यता, धन-धान्यपूर्णता, धनीपन, मालदारी, अमीरी, दौलतमन्दी; उर्वरता; समृद्धि; बहुमूल्यता, उत्तमता, बढ़ियापन; पौष्टिकता, चर्बीलापन; माधुर्य, सुमधुरता, मिठास; अतिशोभा, प्रताप; प्रचुरता, प्रभूतता, बहुलता, बाहुल्य, बहुतायत; मनोरंजकता, दिलचस्पी।

ricinine n. एरण्डी।

rick[1] n. (सूखी घास या अनाज इत्यादिका) स्तूप, राशि, ढेर, अम्बार, गँज, चट्टा, गंजी, अटाला।

rick[2] n. & v.t. दे० WRICK[1, 2].

ricker n. पेड़का छोटा तना।

ricketiness n. अस्थिवक्रता; लड़खड़ाहट, कमजोरी।

rickets n. (sing. या pl.) बालवक्र, बालशोष, अतिकृशताका रोग, बालास्थिविकार, सूखेका रोग।

rickety a. बालशोष-पीड़ित, बालास्थि-विकारग्रस्त, अतिकृशतारोगाक्रान्त; बालशोष-विषयक, बालशोष-जैसा; क्षीणशक्ति, जीर्ण, कमजोर; कम्पायमान, लडखड़ाता हुआ, डावाँडोल; (विशे० लकड़ीका सामान) ढिलमिल, नाजुक।

ricksha(w) n. (दे० JINRICKSHAW भी) नरयान, रिक्षा, रिक्शा।

ricochet[1] n. (तोप इत्यादिकी गोलीका भूमि या जलपर) उछलते हुए चलना (~-*shot*)।

ricochet[2] v. i. & t. (बन्दूक इत्यादिकी गोलीका) उछलते हुए जाना; उछलकर निशाने लगाना।

rictus n. वक्त्र, मुखायाम।

rid v.t. परित्राण करना, मुक्त करना; छुटकारा देना, छोड़ना; (किसी स्थानको) भारसे मुक्त करना, छोड़ देना; उन्मूलन करना, निराकरण करना, नष्ट करना, मिटा देना, हटाना; मुक्ति पाना, छुटकारा पाना; परिष्कार करना; *get* ~ *of* (किसी व्यक्ति या वस्तुसे) मुक्त होना, छुटकारा पाना, जान छुड़ाना।

rid a. मुक्त, वर्जित, हीन, रहित।

ridable a. आरोहणीय, आरोहणयोग्य, सवारीके उपयुक्त।

riddance n. निष्कृति, निस्तार, उद्धार, मुक्ति, मोक्ष, छुटकारा, रिहाई।

riddel, ridel nn. (ईसा०) वेदीका पर्दा।

ridden RIDE का भूत कृदन्त।

riddle[1] n. कूटप्रश्न, हस्तकूट, गूढ़, प्रहेलिका, पहेली, बुझौवल; रहस्यमय बात, रहस्यपूर्ण तथ्य, पेचीदी बात; रहस्यपूर्ण व्यक्ति; उलझानेवाली चीज।

riddle[2] v.i. & t. पहेलियाँ बुझाना या कहना, पहेलियोंमें बातें करना; पहेली बूझना, पहेली सुलझाना या हल करना; ~ *me* ! मुझे पहेली बुझाते हो !

riddle[3] n. शोधनी, चालना, मोटा छलना, मोटी छलनी, झारा; (तार सीधे करनेके लिए) जन्ता।

riddle[4] v.t छलनेसे अनाज छानना, चलनी करना, छलनीसे अनाज छानना; भूसी अलगाना; (ला०, प्रमाण या सत्यकी) परीक्षा करना, छानबीन करना, खरा खोटा परखना; बन्दूककी गोलियोंसे छलनी करना; (ला०) प्रश्नोंकी झड़ी लगा देना, प्रश्नोंकी भरमार करना, सवालोंकी बौछार करना; (सिद्धान्त आदिकी तथ्योंके साथ) आलोचना करना, खण्डन करना।

riddler n. प्रहेलिकाकार, पहेली बनानेवाला; अस्पष्टभाषी, कूटोक्ति बोलनेवाला।

ride[1] n. घोड़ेकी सवारी, गाड़ीकी सवारी; अश्वारोहण; अश्वारोहण-स्थान; सीमापथ; अश्वचालन-पथ; रोहणमार्ग, अश्वमार्ग, वनपथ; (सेना०) नवसैनिक अश्वारोही गुल्म, सवार रँगरूटोंका दस्ता।

ride[2] v. i. & t. अश्वारोहण करना, अश्वारूढ़ होना, घोड़ेपर चढ़ना, (सायकिल इत्यादिपर) सवारी करना; लंगरपर रुकना, ऊपर-ऊपर तैरना; (सूर्य आदिका) तैरते हुए दिखाई देना; (समतल वस्तुओंका) बाहर निकलना, एक-दूसरेको ढँक लेना, एक-दूसरेपर चढ़ जाना (*bone* ~*s*, *rope* ~*s*); चढ़ना, सवार होना, सिरपर सवार होना, छातीपर चढ़ना; (घोड़ेपर चढ़कर) पार करना, यात्रा करना, चढ़करके जाना (~ *the country*, *desert*, etc.); अभिभूत करना, प्रभावमें रखना, शासन करना; अत्याचार करना, दमन करना, सताना; आरूढ़ करना, चढ़ाना, बैठाना, सवार करना; (भूमिका चढ़नेके लिए) ढलवाँ होना, घुड़दौड़के उपयुक्त होना; ~ *easy* लंगर (~ *soft*, *well*); डालकर खड़ा होना; ~ *for a fall* उतावलेपनसे सवार होना, (ला०) अदूरदर्शिता या उतावलेपनसे काम करना; खतरा मोल लेना; ~ *in steamer* ⊙ स्टीमरमें यात्रा करना; ~ *off on* बात टालना, हटाना, नयी बात छेड़ना; ~ one *down* दौड़ाकर जा पकड़ना, बराबर पहुँच जाना; ~ one *on rail* (दण्डके रूपमें) किसी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

व्यक्तिको टाँगें फैलाकर पटरीपर चलाना; ~ *out the storm* (शा० ५वं ला०) संकटसे सुरक्षित रूपसे निकलना, अच्छी तरहसे बच निकलना; ~ *to hounds* शिकार करना।

rideau n. क्षुद्र भूसेध, छोटा टीला, छोटा भीटा।

rident a. =RIANT; (अति प्रसन्नताके कारण) बल-बलानेवाला, खिलखिलानेवाला।

rider n. आरोही, आरोहक, अश्वारोही, सवार, घुड़सवार; अश्वचालक, घोड़ा हाँकनेवाला; (नौवि० pl.) अतिरिक्त तख्ते, अतिरिक्त लोहेकी चद्दरें; (sing.) ऊपरी रस्सा, रस्सेका बल; (दूसरेकी जगहपर रखा गया) पत्थर; (संसदीय विधेयकमें) संशोधन, अनुवृद्धि; जुड़ा हुआ अपर खण्ड, ऊपरका फालतू पत्थर; नैसर्गिक अनुपूरक, स्वाभाविक परिणाम; मताभिव्यक्ति, निर्णयगत अभिस्ताव; (गणित) अभ्यासका प्रश्न, आजमाइशी सवाल; मशीनका ऊपरी पुर्जा।

riderless a. अश्वारोहीविहीन, बेसवार; अनुवृद्धिरहित; आरोहकरहित।

ridge[1] n. कूट, उद्वर्तभूमि, ऊर्ध्वभूमि, उन्नत भूमि, भीटा; शैल-शिला, पर्वतमाला, पर्वतश्रेणी; कटक, टीला, पहाड़की लम्बी सँकरी चोटी; पृष्ठ, पीठ; (दो नदी-प्रवाहोंके बीच स्थित) उन्नत सीमा; उत्संग, (कृषि०) डाँड़, नालियोंके बीचका उभरा हुआ भाग, मेंड़ (~-*plough*); (तरबूज आदिकी) ऊँची क्यारी; ~-piece (छप्परके) मँगरा, मँगरी, बँड़ेर, बँड़ेरी, मँगरेपर रखी हुई कड़ी, धन्नी या शहतीर (~-*pole*)।

ridge[2] v.t. & i. उभरी हुई रेखाओंमें चिह्नित करना; बीचमें मेंड़-सी छोड़कर जोतना; (ककड़ी आदिको) ऊँची क्यारियोंमें बोना; बाँधना, मेंड़ बनाना; समुद्रमें ऊँची लहरें उठाना या उठना।

ridged a. सकूट, उद्वृत, ऊर्ध्वभूमियुक्त, टीलेवाला, भीटेदार; शैलशिलायुक्त, पर्वतमालायुक्त, पर्वतश्रेणीयुक्त।

ridgel n. अर्द्धषण्ढित पशु, आधा बधिया पशु।

ridging n. कूटकरण, मेंड़ बनाना; नालियाँ बनाना; भीटा बनाना, छतकी बँडेर बनाना।

ridgling n. वृषणैक पशु, एकवृषण पशु, एक अण्डकोषका जानवर, अर्धषण्ढित।

ridgy a. पर्वतश्रेणीयुक्त; मँगरेवाला, मँगरीवाला।

ridicule[1] n. उपहास्य वस्तु, हँसीकी चीज; उपहास्यता, हास्यास्पदता; विद्रूप, परिहास, उपहास, अवहास, खिल्ली, दिल्लगी, ठट्ठा, हँसी, मजाक; अवज्ञा।

ridicule[2] v.t. विद्रूप करना, उपहास करना, हँसी उड़ाना, मजाक बनाना, दिल्लगी या ठट्ठा उड़ाना।

ridiculer n. विद्रूपक, उपहासक व्यक्ति, अवहासक पुरुष, खिल्ली उड़ानेवाला, दिल्लगीबाज, ठट्ठेबाज, मजाकिया।

ridiculous a. उपहास्य, उपहसनीय, हास्यास्पद, परिहासयोग्य, मजाकिया; हासकर, हासोत्पादक; असम्भव, असंगत, विचित्र, बेतुका, बे सिर-पैरका, बेढंगा।

ridiculousness n. उपहसनीयता, उपहास्यता, हास्यास्पदता, मजाकियापन; असंगति, विचित्रता, बेढंगापन, बेहूदगी।

riding[1] १. n. आरोहण, अश्वारोहण, घुड़सवारी, सवारी; घुड़सवारोंके लिए हराभरा मार्ग; क्षेत्र; २. a. आरोही, सवारीका;

~-boot, ~-breeches, ~-glove, ~-habit, ~-hood, ~-lamp, ~-master, ~-path, ~-school, ~ whip.

riding[2] n. यार्कशायरका प्रशासकीय खण्ड; (विलायतमें) प्रान्त, प्रदेश, मण्डल।

ridotto n. सार्वजनिक आमोद, सार्वजनिक प्रमोद, नाचरंग, रासलीला।

rife a. सामान्य, सर्वमान्य, सामयिक, प्रचलित, वर्तमान, चालू, मौजूदा; व्यापक, बहुल, प्रचुर, अधिक, बहुत; सम्पन्न, परिपूर्ण, भरपूर, मालामाल (*language is ~ with maxims*); प्रबल।

rifeness n. व्यापकता, सामान्यता; प्रचुरता, अधिकता, बहुतायत।

riffle n. (न्यारियोंके) सूपकी झरीं (जिसमें सोनेके कण जमा होते हैं)।

riff-raff n. निम्नवर्गके लोग, नीचजन, गँवारदल, धुनिए-जुलाहे, तेली-तँबोली, ऐरे-गैरे नत्थू-खैरे; झाड़न-बुहारन; उत्सृष्ट वस्तु, परित्यक्त वस्तु, कचरा, मैला, कूड़ा-करकट, छाँट-छूँट।

rifle[1] n. प्रणालिका, बन्दूककी नली; पेंचदार नालीवाली बन्दूक, रायफल; (pl.) बन्दूकधारी सैन्य, राइफलधारी सैनिकदल; ~-bird ब्रिटिश सैन्यदल-विशेष, विशेष रेजिमेण्ट; ~(-)green n. (वर्दीका-सा) गहरा हरा रंग; (a.) गहरे हरे रंगका; ~-pit राइफलधारी सैनिकोंकी खाई;

~-corps, ~ grenade, ~man, ~ press ~ rack, ~-range, ~-shot.

rifle[2] v.t. & i. हरण करना, अपहरण करना, लूटकर पलायन करना, लूटके मालकी तरह ले भागना, झाड़-पोंछकर लूट ले जाना, छीन लेना; बन्दूकमें पेंचदार नली लगाना; बन्दूक चलाना, रायफलसे मारना।

rifling n. हरण, अपहरण, लूट; बन्दूकमें पेंचदार नली लगाना; राइफिलसे निशानेबाजी करना; सीता, सीताकरण, झरीं, झरीं बनाना।

rift[1] n. निर्भ्रंश, छिद्र, दरार, कटाव, फटाव, चीर, चिराव, कटान, फटन; ~-valley भूभंग घाटी; *a ~ within the lute* रंगमें भंग।

rift[2] v.t. & i. भेद करना, छेद डालना, दरार डालना या होना, चीरना, काटना, कटना, फाड़ना, फटना, फोड़ना, फूटना, खुलना, खोलना।

rifted a. भग्न, विभिन्न, भिन्न, छिन्न, दरारवाला, फटावदार।

riftless a. बिना दरारका।

rig[1] n. (जहाजमें) पाल लगानेका तरीका, मस्तूल

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

लगानेका ढंग; (परिवर्तित) रूप, सजधज, वस्त्राभूषणोंकी सज्जा।

rig[2] v.t. & i. (जहाजको आवश्यक वस्तुओंसे) सज्जित करना, बल्लियों रस्सियों आदिसे लैस करना, कीलकाँटा दुरुस्त करना, सँवारना, पुर्जे ठीक तरहसे बैठाना; (वस्त्र आदिसे) सजाना, पोशाक पहनाना; कामचलाऊ बनाना, टरकाऊ काम करना, उल्टा-सीधा बनाकर रखना, ढाँचा खड़ा कर देना, तैयार करना; बहिष्कृत कर देना, निकाल देना ⊙।

rig[3] n. वंचकता, प्रतारकता, कैतव, छल, धोखा, झाँसा।

rig[4] v.t. वंचित करना, प्रतारित करना, छल करना, धोखा देना, पट्टी पढ़ाना, चाल चलना, बेईमानी करना; मूल्योन्नयन करना, कूट मूल्योन्नयन करना, मूल्यापनयन करना, भावको घटाना-बढ़ाना (जैसे, *to ~ the market*)।

rigadoon n. रिगाडून, (एक प्रकारका नृत्य)।

rigescence n. अनाम्यता, अनमनीयता, परिदृढ़ता, दृढ़ता, दुष्परिवर्तनशीलता, कठोरता, कठिनता; कड़ाई।

rigescent a. अनाम्य, अनमनीय, परिदृढ़, दृढ़, दुष्परिवर्तनशील, कठोर, कठिन, कड़ा।

rigged a. सज्जित, रस्सों आदिसे व्यवस्थित।

rigger n. RIG[2] के क्रियागत अर्थोंमें, सज्जक, पोतप्रबन्धक, विमान-सज्जक; सज्जित पोत।

rigging n. (जहाजकी) सज्जा, सामग्री, सामान, रस्से, मस्तूल, बल्लियाँ आदि; मूल्योन्नयन, कूट मूल्योन्नयन, दाममें घटाबढ़ी करना।

riggish a. सज्जाप्रिय, शृंगारप्रिय, भोगी, विलासी; आराम-पसन्द, चंचल, नटखट, खिलाड़ी; मर्यादाहीन; हठी, अभिमानी; निर्दयी; अन्यायपूर्ण, अनुचित।

right[1]* n. यथार्थ, याथार्थ्य, सत्यता, तथ्यता, सत्य, न्याय्यता, सच्चाई, इन्साफ; अधिकार*, औचित्य, स्वत्व, स्वाम्य, सत्ता, दावा, पावना, हक (*civic ~s*); अधिकरणीय वस्तु, अधिकारगत पदार्थ; यथार्थ स्थिति, वास्तविक अवस्था, सही हालत, सच्ची कैफियत; दक्षिण पार्श्व, दाहिना भाग; (राज० प्रायः R~) (संसद्के) पुराणपन्थी सदस्य, दक्षिणपन्थी सदस्य, अनुदारदलीय सदस्य; Miss R~ भावी पत्नी; Mr. R~ भावी पति; ~-about विपरीत दिशा; ~ and left उभयतः, परितः, दोनों ओर, चारों ओर; ~-hand man विश्वस्त सहयोगी; ~-handed blow सीधे हाथका प्रहार; ~-hander सीधे हाथका प्रहार; *all ~* बहुत ठीक, बिल्कुल ठीक; *be in the ~* सत्यपथपर होना, न्यायपथपर होना, सच्चाईपर होना; *by ~ or ~s* यदि न्याय बरता गया; *do one ~* (किसीके साथ) न्याय करना, ईमानदारी करना, इंसाफ करना; *get ~* सीधा करना या कराना, सुधारना, ठीक करना; *~ away* ⊙ सीधे दूर; *~ here* ⊙ ठीक यहीं और अभी; *~ now* ⊙ पूर्वतः ही, पहिले ही; *~ of way* भूमिपरसे आने-जानेका अधिकार।

right[2] v.t. & i. ठीक स्थानपर लाना; सीधी स्थितिमें लाना या आना, सीध करना या होना, लम्बवत् करना या होना; सुधारना, सुधरना, ठीक करना या होना (*the fault will ~ itself*); (जहाज आदिका) सीधा खड़ा होना; सीधा करना; प्रतिशोध लेना, बदला देना या लेना; क्षतिपूर्ति करना; औचित्य प्रमाणित करना; न्यायसगत सिद्ध करना, उचित ठहराना; पूर्वावस्थामें लाना; संशोधन करना, सुधारना, ठीक करना, सही करना, सँवारना।

right[3]* a. ऋजु, सरल*, सीधा, (अब केवल *~ line* में); सम, लम्ब (*~ angle*); समकोणीय, लम्बकोणीय; सम्यक्, न्याय्य, उचित, युक्त, यथायोग्य, संगत, धर्मानुरूप, सुनासिब, भला, नेक, सच्चा, अच्छा, ठीक*; सत्य, यथार्थ, सटीक, शुद्ध, सही; योग्य, समीचीन, उपयुक्त, ठीक (*~ man in the ~ place*); सन्तोषप्रद, सन्तोषजनक, अच्छी अवस्थामें, ठीक हालतमें; प्रकृत; अपसव्य, दक्षिण*, दाहिना, दायाँ; *~ off, ~ away* तत्काल, तुरन्त, तत्क्षण, शीघ्र, झटिति, एकदम, झटपट, फौरन; *set* or *put ~* व्यवस्थित करना, ठीक करना; स्वस्थ करना; भ्रान्त धारणाका निवारण करना, गलत फहमी दूर करना; पक्षपुष्टि करना, न्यायसंगत सिद्ध करना; *the ~ side of a fabric* कपड़ेकी सीधी ओर; ~ side of forty चालीस वर्षसे कम;

~ bank, ~-brained, ~ course, ~ cylinder, ~ deflection, ~ diagonal lines, ~ dress, ~-eyed, ~ flank, ~ flank guard, ~ form, ~ frustum, ~ hand, ~-handed crystal, ~-handedness, ~-hand rule, ~-hand screw, ~-hand side, ~-hearted, ~ heir, ~ incline, ~ jugular vein, ~ lobby, ~ lymphatic duct, ~ -minded, ~-mindedness, ~-principled, ~ prism, ~ pyramid, ~ section, ~ side, ~ siphonal artery, ~ time, ~ turn, ~ use, ~-whale, ~ wheel, ~ wing.

right[4] adv. पूर्णतया, पूरी तरह, पूरा, (*sank ~ to the bottom*); ठीक, बिलकुल, (*~ in the middle*); न्यायतः उचित रूपसे, ईमानदारीसे; वस्तुतः, सत्यतः, ठीक तरहसे (*if I remember ~*); दाहिनी ओर, सीधे हाथकी तरफ: सीधे (*go ~ on*); *~-down* पूर्णतया, बिलकुल (*was ~-down sorry*)।

rightable a. संशोधनीय, सुधार योग्य।

righten v.t. = RIGHT[3].

righteous a. न्यायी, न्यायनिष्ठ, न्यायपरायण, साधु, सच्चा, ईमानदार; धर्मात्मा, धर्मपरायण, सद्गुणी, पुण्यवान्, पुण्यात्मा; यथार्थ, न्याय्य, उपयुक्त, सीधा, भला, नेक, अच्छा; (जीवन या कर्म) पवित्र, संयत।

righteousness n. धर्मभावना, न्यायनिष्ठता, न्यायपरायणता, साधुता, सच्चाई, ईमानदारी; साधु वृत्ति, पुण्यभाव, पवित्रता, संयम; औचित्य।

righter n. संशोधक, सुधारक, ठीक करनेवाला;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

क्षतिपूर्त्ति करनेवाला; पुनः स्थापक, स्वस्थ करनेवाला।

rightful a. न्यायसम्मत, न्यायपूर्ण, न्याययुक्त, वैध, उचित, जायज, ठीक; अधिकारी, स्वत्वविशिष्ट, अधिकारपूर्ण, अधिकारयुक्त, अधिकृत, (~ *heir, owner*); अधिकार-विशिष्ट; अधिकारगत।

rightfulness n. न्याययुक्तता, न्यायपूर्णता; अधिकारित्व, अधिकृति; अधिकरणीयता, अधिकार।

rightist a. & n. दक्षिणपन्थी।

rightless a. अधिकारविहीन, अनधिकारी, वेहक।

rightlessness n. अधिकारहीनता, अनधिकारिता।

rightness n. (प्रा०) सरलता; ऋजुता, सीधापन; समकोणत्व; औचित्य, न्यायौचित्य, न्यायसंगति, नैतिकता, सच्चरित्रता, सच्चाई, ईमानदारी; सत्यता, सटीकता, शुद्धता; समीचीनता, उपयुक्तता; स्वस्थता, सन्तोषप्रदता; वास्तविकता।

rightward a. & adv. दक्षिणपन्थी; दक्षिणतः, दाहिनी ओर।

rightwards adv. दक्षिणपन्थसे, दाहिनी ओर।

rigid a. अनाम्य, अनम्य, परिदृढ़, दृढ़, दुष्परिवर्तनशील, उग्र, कठोर, अशिथिल, कठिन, कड़ा, बेलोच (~ *constitution, frame*): दृढ़निश्चय, आचारदृढ़, नियमनिष्ठ (~ *disciplinarian*)।

rigidify v.t. & i. कड़ा करना या होना।

rigidity n. अनम्यता, अनमनीयता, परिदृढ़ता, दृढ़ता, दुष्परिवर्तनशीलता, काठिन्य, कठोरता, कठिनता, कड़ापन; नियमनिष्ठा, आचारनिष्ठा, कड़ाई, सख्ती।

rigidness n. = RIGIDITY.

riglet n. = REGLET; पटरी, तख्ती।

rigmarole n. अनर्गल गल्प, दीर्घ गल्प, अनर्गल भाषण, निरर्थक कथा, निरर्थक वार्तालाप, बेकारकी गप्प।

rigor n. (ज्वरके पूर्वका) कम्पन, कँपकँपी, जूड़ी; स्तब्धता, अकड़न; ⊙ = RIGOUR.

rigorism n. शीतकम्प; अतिकाठिन्य, अत्यन्त कठोरता, अति निर्ममता, अति निर्दयता; तार्किक सटीकता, धार्मिक कट्टरता; कठोरतावाद।

rigorist n. कठोरतावादी, कट्टरतावादी।

rigorous a. कठिन, कठोर, अशिथिल, कड़ा, सख्त; निर्दय, निर्मम, उग्र, क्रूर; अत्यन्त दारुण; ~ imprisonment सश्रम या कठोर कारावास, कड़ी कैद।

rigorousness n. काठिन्य, कठिनता, कठोरता, कड़ापन, सख्ती; निर्दयता, निर्ममता, उग्रता, अत्यन्त दारुणता।

rigour n. निष्ठुरता, काठिन्य, कठिनता, दृढ़ता, कठोरता, कड़ाई, कड़ापन, सख्ती; निर्दयता, निर्ममता, कठोरताएँ, सख्तियाँ; कठोर नियन्त्रण, सख्त पाबन्दी (*with the utmost ~ of the law*); (शीत, कष्ट आदिकी) चरम उग्रता, तीव्रता, महान् संकट; तप, कट्टरता, चीमड़पन।

rile v.t. उत्तेजित करना, क्रोधित करना, चिढ़ाना, खिजाना, गुस्सा दिलाना।

rill[1] n. लघु स्रोत, छोटा सोता; क्षुद्र नदी, नद, सरिता, छोटा नाला, कुण्ड (~ *erosion*)।

rill[2] v.i. लघु स्रोतमें बहना, छोटे सोतेके रूपमें बहना, छोटे नालेके रूपमें बहना, झरना, रिसना।

rille n. चन्द्ररेखा, चन्द्रमापरकी हल्की-सी रेखा।

rillet n. लघूत्सेध, लघु निर्झर, छोटा झरना; लघु स्रोत, छोटा सोता, छोटा नाला।

rim[1] n. आन्त्रिक झिल्ली, पेटकी झिल्ली।

rim[2] n. पहियेका घेरा, रिम (~*brake*); छलनीका घेरा, गला; (का०) गोलाकार पदार्थ; (नौवि०) समुद्रतल, पानीकी सतह; (किसी वस्तुका अत्युन्नत) प्राधि, प्रान्त, ओठ, कोर, किनारा, कगार; golden ~ राजमुकुट, ताज।

rim[3] v.t. रिम लगाना, किनारा बनाना, कगार बनाना।

rime[1] n. & v.t. & i. = RHYME[1,2].

rime[2] n. हिमानी, तुहिन, तुषार, कुहासा, पाला; नीहार, कुहरा।

rime[3] v.t. तुषारावृत करना, पाला पड़ना।

rimless a. बिना कगारका, बिना घेरेका, बेकिनारा, बिना रिमका।

rimmed a. घेरेवाला, कगारदार, रिमवाला।

rimmer n. पेस्ट्री बनानेका ढाँचा।

Rimmon n. दमिश्कके देवता; *bow down in the house of ~* अपना मत छोड़ना।

rimose a. = RIMOUS.

rimous a. रन्ध्रपूर्ण, विदीर्ण, दरारवाला, फटानवाला।

rimple[1] n. झुर्री, शिकन, चुन्नट।

rimple[2] v.t. झुर्री डालना, शिकन या चुन्नट डालना।

rimy a. तुषारावृत्त, तुषारमय, कुहरेसे ढँका हुआ।

rind[1] n. शल्क, त्वक्, चर्म, वल्क, वल्कल, बक्कल, वकला, छाल खाल, छिलका; (पनीर इत्यादिकी) पपड़ी; बाह्य पक्ष, बाहरी पहलू या पर्दा; ऊपरी तल, सतह।

rind[2] v.t. बक्कल निकालना, छाल उतारना, छोलना।

rinded, rindy aa. शल्कमय, सत्वक्, चर्मिल, वल्कयुक्त, वल्कलमय, बक्कलदार, छिलकेवाला; पपड़ीवाला; बाह्यपक्ष सहित; छीला हुआ।

rinder-pest n. पशु-महामारी, पशु-प्लेग, बैल-रोग।

rindle n. स्रोतस्विनी, क्षुद्र नदी, छोटी धारा; लघु कुल्या, छोटी नहर; नाला, मोरी।

rine n. गर्त, खाई; उपत्यका, घाटी।

ring[1]* n. अँगूठा*, मुद्रिका, मुँदरी, छल्ला; वलय, बाली, नथ; वृत्ताकार वस्तु, वेलनाकार वस्तु; ऊर्मिका, घूँघर; कड़ा, कुण्डा, कुलाबा; चक्र, कुण्डल, घेरा*, चक्कर*; मण्डल, चौक, हाता, बाड़ा, गोल अखाड़ा (~*side*); चक्करदार मार्ग, गोलाकार व्यूह; शब्द, बहुस्वरोत्वादित तरंग; ~-dove धवल कपोतक, वनकपोतक, पिण्डुक, जंगली कबूतर, फाख्ता; ~-finger अनामिका; ~-goal रिंग गोल (एक प्रकारका खेल जिसमें हल्का कड़ा लकड़ीसे गोलकी ओर लुढ़काते हैं); ~leader नायक, नेता, दलपति, सर्दार, (गुटका) मुखिया, अगुआ; ~-master सरकसके खेलका प्रबन्धक; ~ ouzel ब्लैकबर्डके

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

सदृश एक पक्षी; ~-stand अँगूठी-दान; ~tail वलय-पुच्छ कुतिया, टेढ़ी पूँछवाला कुत्ता; ~-wall अहातेकी दीवार, जँगला; ~-worm मण्डलकुष्ठ, दद्रु, दाद; *make ~s round* भीड़भड़क्केसे काम करना; अधिक तेजीसे जाना;

~-adorned, ~ arrangement, ~ bill, ~-billed, ~ bird, ~-bolt, ~-bound, ~ clip, ~ counting, ~ craft, ~ dance, ~ dyke, ~ eye, ~-eyed, ~ fascination, ~ frame, ~ gauge, ~ hydrocarbons, ~ maker, ~man, ~mark, ~-necked shrike babbler, ~ net, ~-pored wood, ~-porous, ~-porous wood, ~ road, ~-shaped, ~ snake, ~-streaked, ~-tailed, ~-taw, ~ test, ~ velvet, ~-vessel, ~ walk, ~ work.

ring[2] v. i. & t. (बाजका) ऊपर चक्कर काटना, मँडराना: (लोमड़ी इत्यादिका) घुमावदार रास्ता लेना, चक्करदार रास्ता तै करना, चक्कर मारना; वलयन करना, वलयमारण करना, वलयकर्तन करना, वेष्टन करना, वेष्टित करना, घेरना, घिरान करना, हाता बना देना, घेरा डालना, घेर लेना; (मवेशीको) चारों ओरसे घेरकर हाता बाँधना; अँगूठी पहनना, छल्ला पहनना; (सुअर या बैलको) नाथना।

ring[3] n. घण्टा; क्वणन, (घण्टेकी) झंकार, टनटनाहट, (घण्टीकी) टनटनाहट; (सिक्के एवं बर्तनकी) खनक, ठनक; घण्टी; टेलीफोनकी आवाज।

ring[1] v. i. & t. (*rang*, अब क० *rung*, *rung*) निनादित होना या करना, वादित होना या करना, क्वणित होना, झंकृत होना या करना, ठनठनाना, टनटनाना, आवाज करना, बजाना*, बजना* (*bell*, *trumpet*, *coin*, *sound*, *~s*); (घण्टा बजाकर) घोषणा करना, बुलाना; प्रतिध्वनित होना, गुंजित होना, गूँजना; सहानुभूतिपूर्ण ध्वनि करना; (सिक्केको) पटककर बजाना: (बुलानेके लिए) घण्टी बजाना; मृत्युके घण्टे बजाना, घण्टोंसे तरह तरहकी आवाजें निकालना; घण्टी बजाकर भीतर या बाहर जाना (*~ at door*); टेलीफोन करना; *~ curtain up* or *down* (नाटकमें) घण्टी बजाकर पर्दा उठाना या गिराना; *~ for* (नौकर आदिके लिए) घण्टी बजाना; *~ in* one's *ears* कानोंमें गूँजना; *~ in* one's *heart* याद आती रहना; *~ off* टेलीफोनकी बातचीत काट देना; *~ up* टेलीफोन करना।

ringed a. वलयित, घिरा हुआ।

ringent a. सावकाश, सान्तर, खुला।

ringer n. (QUOITS नामक खेलमें प्रयुक्त) एक प्रकारका छल्ला; (शिकारी कुत्तोंके आगे) चक्कर काटकर भागनेवाली लोमड़ी।

ringhals n. काला नाग, अफ्रीकी साँप।

ringing n. वलयन, घेरा डालना; क्वणन, टनटनाहट, बजाना, बजना।

ringlet n. क्षुद्र अँगूठी, छोटी अँगूठी, छोटा छल्ला, छोटा कड़ा; घासके बीच गहरे रंगका चक्र; वृत्तवत् आकार, छल्लेदार चिह्न; काकपक्ष, चूर्णकुन्तल, घुँघराली लट, घूँघरदार बाल।

ringleted a. क्षुद्र-अंगुष्ठिकायुक्त, अँगूठीदार; काकपक्षीय, चूर्णकुन्तलयुक्त, घुँघराली लटवाला, घूँघरदार।

ringlety a. चूर्णकुन्तलयुक्त, घूँघरदार।

rink[1] n. हिमावृत क्रीडा-भूमि, स्केटिंग खेलनेका बर्फका मैदान, स्केटिंग-हॉल, रिंक।

rink[2] v. i. स्केटिंग करना।

rinker n. हिमक्रीड़ाभूमिपर खेलनेवाला, स्केटिंग करनेवाला।

rinse[1] n. आक्षालन, खँगालना।

rinse[2] v.t. उदकप्रक्षालन करना, जलसे परिष्कार करना, पानीसे धोना, पखारना, कुल्ला करके साफ करना; कोई तरल पदार्थ डालना; पानी डालना, हलकेसे धोना, खँगालना; (मदिराके साथ भोजनको) गलेसे नीचे उतारना, बहाना।

rinser n. उदकप्रक्षालक, जलपरिष्कारक, पानीसे धोनेवाला, कुल्ला करके साफ करनेवाला; पानी डालनेवाला, खँगालनेवाला।

rinsing n. (pl.) तरल पदार्थ (जिसमें कोई वस्तु खँगाली गयी हो); आचमन, प्रक्षालन।

rinthereout n. & a. (स्काट०) आवारा।

riot[1] n. जनसम्मर्द, अनियन्त्रित भीड़, भीड़-भड़क्का, रेल-पेल; तुमुल कोलाहल, हल्लागुल्ला; प्रकृतिकोप; विप्लव, शान्तिभंग, बलवा, झगड़ा, फिसाद, दंगा, हंगामा; लम्पटता, विलासिता, चरित्रहीनता, बदचलनी, ऐयाशी; विलासक्रीड़ा, पानोत्सव, आमोद-प्रमोद, अतिभोजन, अतिभोजपानोत्सव; अतिचार, उच्छृंखल व्यवहार; *to run ~* ऊधम मचाना; बहुत बढ़ना।

riot[2] v. i. & t. विलासी जीवन बिताना, मस्तीसे रहना, रँगरेलियाँ करना; भोगविलासमें समय नष्ट करना, सारा जीवन अय्याशीमें गुजार देना; ऊधम मचाना, हल्लागुल्ला करना; उच्छृंखल होना, उपद्रव मचाना, शान्तिभंग करना, दंगा करना, फसाद या बलवा मचाना।

rioter n. उच्छृंखल, अतिचारी, उपद्रवी, झगड़ालू, बलवाई, दंगाई, फसादी।

rioting n. झगड़ा-फसाद; उपद्रव करना, दंगा करना।

riotous a. असयत, उच्छृंखल; भोगासक्त, विलासी, कामुक, उन्मादी, मतवाला, अय्याश; उपद्रवपूर्ण, विद्रोही, राजद्रोही, विप्लवी, उपद्रवी, दंगाई, बलवाई (*~ assembly*); विलासिता-सम्बन्धी, अय्याशीका; तुमुलकारी; दंगेसे सम्बन्धित।

riotousness, riotry nn. विलासीभाव, उच्छृंखलता, मतवालापन; उपद्रवीपन, गुण्डागिरी।

rip[1] n. लम्पट, कामुक, दुश्चरित्र व्यक्ति, अय्याश आदमी; सड़ियल घोड़ा, निकम्मा घोड़ा।

rip[2] n. (समुद्र या नदीमें बढ़े हुए पानीका) विस्तार, पाट, फैलाव।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

rip[3] v.t. & i. छिन्न करना, विच्छिन्न करना, चीरना, काटना, फाड़ना, खोचा लगाना, फोड़ना; (छतका) उघाड़ देना, खोल देना, उधेड़ना, खपरे उतार देना, स्लेटें और पट्टियाँ उतार देना; चीरकर रास्ता बनाना; घावको खोल देना, घाव हरा कर देना, घाव ताजा कर देना; (झगड़ा इत्यादि) पुनः आरम्भ करना, फिरसे छेड़ देना; (शोकको) पुनः जागृत करना, फिरसे ताजा करना; अतीतकी बात छेड़ना, गड़े मुर्दे उखाड़ना; विच्छिन्न होना, जोरसे फटना, खुलना, तेजीसे अलग होना; *let her ~* उसकी गति धीमी मत करो, तेजीसे जाने दो; *don't ~ up old sores* गड़े मुर्दे मत उखाड़ो।

rip[4] n. विपाटन, विच्छेद, चीर-फाड़।

riparial a. तट-स्वामी-विषयक, तटके मालिकसे सम्बन्धित।

riparian[1] n. तट-स्वामी, नदीतीरवासी व्यक्ति, नदीतटका मालिक।

riparian[2] a. नदीतटीय, नदीतीर-सम्बन्धी, नदी-किनारेका (*~ forest, nights*)।

ripe[1] v.t. & i. (विशे० का०) विकसित करना या होना, पकना या पकाना।

ripe[2] a. पक्व, परिपक्व, प्रौढ़, परिणत, पका (*~ crops, fruit*); पूर्ण, विकसित, पूरा; मधुर, कोमल; योग्य, समर्थ, सम्पन्न, सर्वांगसुन्दर; उद्यत, सज्जित, सन्नद्ध, प्रस्तुत, तैयार; ~ age बुढ़ापा; ~ lips बिम्बा-धर, लाल होंठ; *soon ~ soon rotten* जल्दी पका जल्दी सड़ा।

ripen v.t. & i. पक्व होना, परिपक्व होना, परिणत होना, पूर्ण होना, विकसित होना, पकना, पकाना; सर्वांग-सुन्दर बनाना, व्यवहारोपयोगी बनाना।

ripened a. पक्व, पका हुआ।

ripeness n. प्रौढ़ता, पूर्णता, परिपाक, पक्वता, परि-पक्वता, पक्कावस्था, पकापन।

ripening n. पकना।

riposte[1] n. प्रतिघात, प्रत्याक्रमण, प्रतिप्रहार, पलटा, जवाबी चोट; प्रतिकार, बदला।

riposte[2] v. i. प्रत्याक्रमण करना, बदलेमें प्रहार करना, जवाबी वार करना।

ripper n. (क्रियागत अर्थोंमें) चीरनेवाला, फाड़नेवाला; (छप्पर, खपरैल आदिको) उघाड़नेका यन्त्र; एक प्रकारका आरा; (आ०) प्रथम श्रेणीकी वस्तु या व्यक्ति।

ripping a. प्रथम श्रेणीका, बढ़िया, सुन्दर, अव्वल दर्जेका।

ripple[1] n. सनीके बीज साफ करनेका कंघा।

ripple[2] v.t. (कंघेसे सनीके बीज) साफ करना।

ripple[3] n. ऊर्मिका, ऊर्मि, लहरी, क्षुद्र तरंग, हिल्लोल, हिलकोरा, हिलोर, छोटी लहर; (बालों या फीतोंका) लहरियापन; आरोह-अवरोहपूर्ण मधुर ध्वनि, लहरदार हल्की आवाज़ (*~ of conversation*)।

ripple[4] v. i. & t. तरंगायित करना या होना, हिल्लोलित करना, हिलोर पैदा करना, लहरियाँ बनाना, लहराना, हिलोर उठना; कल-कल ध्वनि करना।

rippler n. झुर्रियाँ बनानेवाला व्यक्ति या यन्त्र।

ripplet n. अति क्षुद्र तरंग, छोटी-से-छोटी लहर।

rippling १. n. RIPPLE[3]; २. a. तरंगाकुल, क्षुब्ध।

ripply a. तरंगायित, ऊर्मिल, ऊर्मिपूर्ण, लहरीला, लहरदार।

riprap n. (जलमें) प्रस्तराधार, पत्थरकी नींव।

ripsaw n. आड़ी आरी।

Ripuarian a. म्यूज़ और मोसेलके बीच राइनके तटपर फ्रैंक जातिके रहनेवाले।

Rip van Winkle n. अति प्राचीन विचारोंवाला व्यक्ति, दकियानूसी आदमी, पुरानी जानकारीवाला, पुराने ढर्रेका आदमी।

rise[1] n. उदय (*at ~ of day*); उद्रोह, आरोहण, चढ़ाव, चढ़ाई; पहाड़ी, टीला, ऊँचाई (*chapel stands on a ~*); उत्प्लवन, उछाल; उत्कर्ष, उदय, उत्थान, उन्नति, वृद्धि, बलवृद्धि, शक्तिवृद्धि, पदोन्नति, मूल्यवृद्धि, वेतनवृद्धि; मूल, स्रोत, उद्गम, उत्पत्तिस्थान; प्रक्रम, आरम्भ, उठान; (मछलीका तलपर) आना, उठना; *give ~ to* कारण होना।

rise[2] v.i. & t. उद्रोहित होना, उत्थित होना, उठना, उठ बैठना, खड़ा होना, बिस्तर छोड़ना, सोकर उठना; सीधा खड़ा होना, सीधा होना; पुनः जीवन प्राप्त करना, जी उठना; आधिपत्य न मानना, विद्रोह करना, राजद्रोह करना, विप्लव करना, सिर उठाना, बगावत करना; ऊर्ध्वोत्थित होना, ऊँचा उठना, ऊपर उठना, उदय होना, चढ़ना, निकलना; ऊपरकी ओर बढ़ना; प्रगतिशील होना, प्रगति करना, उन्नति करना; फूल जाना; तेजी पैदा करना, जोर बढ़ाना; दृष्टिगत होना, दृष्टिगोचर होना, दिखाई पड़ना, नजरमें आना; शक्ति उत्पन्न करना, सामर्थ्य जगाना, हिम्मत जगाना; उत्पन्न होना, जन्म लेना, होना, आरम्भ होना, शुरू होना (*river ~s from a spring*), मूलस्रोत होना, निक-लना, फूटना, बहने लगना; उठना, उठ खड़ा होना; उठाना, चढाना, ऊँचा करना; *gorge ~s* क्रोध आता है, खून खौलता है; *~ to the occasion* समयपर अपना गुण दिखाना; *spirits ~* और अधिक प्रसन्न होना, तबियत खुश होना; *stomach ~s* घृणा होती है, घिन आती है, नफरत होती है।

risen a. RISE का भू० कृ०।

riser n. उद्गतांश, सीढ़ियोंको मिलानेवाला खड़ा भाग।

risibility n. कौतुकावहता, हास्यजनकता, हास्यो-द्दीपकता, आनन्दजनकता, हँसनेकी प्रवृत्ति, हँसी।

risible a. कौतुकावह, हास्यजनक, हास्योद्दीपक, आनन्द-जनक (*~ faculties*); (क्र०) उपहसनीय, हास्यकर, हास्यास्पद, हँसने योग्य; असंगत, बेढब, बेढंगा।

rising १. n. उद्रोह, उद्रोहण, आरोहण, चढ़ाई; उदय; उन्नति, उत्थान, विकास; दे० RISE[1]; (*~-again* भी) पुनर्जीवन, समाधिसे पुनः जीवित हो उठना; प्रजाक्षोभ, विद्रोह, विप्लव, बलवा, बगावत; फोड़ा-फुंसी; २. a.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

उद्रोही, उन्नतिशील, उदीयमान, चढ़ता (~ *market, sum*)।

risk[1] n. विपदा, आपदा, क्षतिभय, हानिभय, भय, संकट, खतरा, जोखिम; दायित्व; *at owner's* ~ स्वामीके दायित्वपर, मालिककी जिम्मेदारीपर; *run the* ~*s* जोखिममें पड़ना, खतरेमें पड़ना; *take* ~*s* खतरा मोल लेना;

~ bearing, ~-note, ~ purchase, ~ taking.

risk[2] v.t. आपद्ग्रस्त करना, विपदामें डालना, विपन्न करना, खतरेमें डालना, जोखिममें डालना; साहसपूर्वक खतरेका सामना करना, खतरा सिरपर मोल लेना, जोखिम उठाना (~ *a battle*)।

riskful a. विपदामय, आपदामय, संकटपूर्ण, खतरनाक, खतरेवाला, जोखिमवाला।

riskiness n. भयावहता, विपत्तिसंकुलता, संकटमयता, खतरा; अभद्रता, उजड्डपन।

riskless a. क्षतिभय-मुक्त, खतरेसे खाली।

risky a. विपत्तिजनक, आपदामय, भयावह, क्षतिभय-पूर्ण, विपत्तिसंकुल, खतरेवाला; आपत्तिजनक, अनुचित, अभद्रतापूर्ण।

risorgimento n. पुनर्जागरण, पुनरुत्थान।

risorial a. हास-विषयक, हास-सम्बन्धी, हँसीका।

risp n. (आलू इत्यादिका) तना।

risque a. अश्लील, अभद्र, तुच्छ; अधम, हल्का; अमर्यादित, अवर, अश्रेष्ठ, उजड्ड, घटिया।

rissaldar n. रिसालदार।

rissole n. मछली या गोश्तका तला हुआ कोफ्ता।

rite n. कल्प, कृत्य, कर्मकाण्ड, धर्म-कर्म, धार्मिक विधि, संस्कार, आचार, रीति, रस्म; burial *or* funeral ~s अन्त्येष्टि; conjugal *or* nuptial ~s सम्भोग संस्कार, सहवास संस्कार।

riteless a. कर्मकाण्ड-मुक्त, संस्काररहित, रीतिहीन, बेरस्म।

ritornello n. आवृत्ति, पुनरावृत्ति, दुहराव, दोहार।

ritual[1] n. (प्रायः pl.) कल्प, संस्कार, क्रियापद्धति, अनुष्ठानपद्धति; क्रियाशास्त्र, धार्मिक पूजा या कर्मकाण्डकी पुस्तक, प्रार्थना या सन्ध्याकी पुस्तक; कर्मकाण्ड-सम्पादन, संस्कार-पालन।

ritual[2] a. शास्त्रोक्त, शास्त्रसिद्ध, वैधिक, आनुष्ठानिक, सांस्कारिक, संस्कारीय, संस्कार-सम्बन्धी, कर्मकाण्ड-विषयक।

ritualism n. कर्मकाण्डवाद, धार्मिक-संस्कारानुराग; क्रियापद्धति, क्रियानुष्ठान।

ritualist n. कर्मकाण्डवादी, संस्कार-शास्त्री।

ritualistic a. संस्कार-सम्बन्धी, आनुष्ठानिक; कर्मकाण्ड-वादी, कर्मकाण्डीका।

ritualize v. i. & t. आनुष्ठानिक रूप देना, धार्मिक विधि या संस्कारका रूप देना।

rivage n. बेला, तट, तीर।

rival[1] n. स्पर्धी, संस्पर्धी, प्रतिद्वन्द्वी, प्रतिस्पर्धी, विरोधी, प्रतियोगी, मुकाबला करनेवाला (~ *candidate*); *without a* ~ अद्वितीय, अजातप्रतिद्वन्द्वी।

rival[2] v.t. & i. प्रतिद्वन्द्विता करना, प्रतिस्पर्द्धा करना, प्रतिपक्षता करना, मुकाबला करना, बराबरी करना, लाग डाँट रखना; प्रतिद्वन्द्वी होना, विरोधी होना।

rivalize v.t. प्रतिद्वन्द्विता करना, प्रतिपक्षिता करना; प्रतिद्वन्द्वी बनाना।

rivalry n. स्पर्धा, संस्पर्धा, प्रतिस्पर्धा, प्रतिद्वन्द्विता, प्रतिपक्षता, प्रतियोगिता, विरोध, वैर, मुकाबला।

rivalship n. प्रतिस्पर्धीभाव, प्रतियोगिता, प्रतिपक्षी-भाव, प्रतिद्वन्द्विता, विरोधिता।

rive[1] n. चीर-फाड़।

rive[2] v. i. & t. फूटना, फटना, टूटना; चीरना, फाड़ना, फोड़ना, तोड़ना।

rivelled a. ऊष्मा-संकोचित, गर्मीसे सिकुड़ा हुआ।

riven a. विश्लिष्ट, शकलित, खण्डित, विच्छिन्न, टुकड़े-टुकड़े।

river* n. तटिनी, प्रवाहिनी, निम्नगा, स्रोतस्विनी, नदी*, सरिता, दरिया; जीवन-सरिता, जीवन-प्रवाह; (गु० वा०) नदीका, नदीपर प्रयुक्त, नदीमें पाया जानेवाला; ~-bed नदीगर्त, नदीपात्र, नदीका पाट; ~ terrace नदीकी सीढ़ीदार घाटी; *deep ~s move with silent majesty, shallow brooks are noisy* अधजल गगरी छलकत जाय, भरी गगरिया चुप्पे जाय; ~*s of blood* अतिरक्तपात, खूनकी नदियाँ;

~ basin, ~-bed cultivation, ~-bed level, ~-birch, ~-borne trade, ~ capture, ~ channel, ~-craft, ~ diversion, ~ drift, ~ dues, ~ fan, ~ gorge, ~ gradient, ~ grass, ~ gunboat, ~-head, ~ improvement, ~ keeper, ~ navigation, ~ piracy, ~ pirate, ~ pollution prevention, ~ sand, ~s conservancy, ~side, ~ system, ~ tern, ~ ternlet, ~ tortoise, ~ training, ~ transshipment point, ~-turtle, ~ valley, ~ valley project, ~ watcher, ~ weed, ~ works.

riverain[1] n. नदीतीरवासी, नदी-किनारे रहनेवाला व्यक्ति।

riverain[2] a. नदीय, नदीक्षेत्रीय, नदीतटीय, तीरवर्ती, नदीका (~ *colonization, site*)।

rivered a. नदीयुक्त, नदीबहुल, नदीवाला।

riverine a. तीरवर्ती, नदीतटीय, नदीतटका, नदी-पार्श्वस्थ, अनुनदीय, किनारेका (~ *fisheries*)।

riverless a. सरिताशून्य, नदीरहित, बेदरिया।

rivet[1] n. लवंग, लवंगकील, कीलक, रिपट, रिपिट, कील।

rivet[2] v.t. लवंगकीलित करना, दृढ़ करना, दृढ़बद्ध करना, रिपिट करना या लगाना, बोल्ट जोड़ना; कील

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

ठोंकना; पक्का करना, जड़ना, मजबूत करना; कसके पकड़ लेना; (*upon* के साथ, नेत्र या ध्यान आदिको) केन्द्रित करना, एकाग्र करना, गाड़ना, जमाना; (ध्यान) आकर्षित करना, खींचना।

riveted a. लवंगित, लवंगकीलित, कीलित (~ *joint*)।

riveter n. दृढ़बद्ध करनेवाला, कील जोड़नेवाला, रिपट करनेवाला; रिपिट करनेकी मशीन; चित्तको एकाग्र करनेवाला।

riveting n. लवंगन, कीलन, रिपिट लगाना।

riviere n. मणिमाला, रत्नमाला, मणियोंका हार।

rivulet n. नदिका, क्षुद्र नदी, क्षुद्र प्रवाह, छोटी नदी; शलभ-विशेष, एक प्रकारका पतंगा।

rivulose a. वक्ररेखांकित, लहरिया रेखाओंसे युक्त।

rix-dollar n. १६वीं–१७वीं शतीका एक सिक्का।

riziform a. शालिवत्, धान्यवत्, धान-जैसा, धानके दाने-जैसा।

rizzared a. लवणयुक्त तथा धूपमें सुखाया हुआ।

roach[1] n. हरिचन्द्रा, (*carp* जातिकी, पोखरोंमें पलनेवाली, मछलीसे मिलती-जुलती मीठे पानीकी छोटी मछली); ~-backed उन्नत-पृष्ठभाग-युक्त, उभरी हुई पीठवाला; *sound as a* ~ अस्वस्थ।

roach[2] n. (नौवि०; वर्गाकार पालके निचले भागमें ऊपरकी ओरको जानेवाली) वक्रता, मोड़।

road[1]* n. (प्रायः pl.; ~*stead* भी) लंगर-स्थान, लंगरगाह; रथ्या, राजमार्ग, जनपथ, मार्ग, सड़क*, रास्ता, रोड; पद्धति, उपाय, ढंग, तरीका; ~ hog बेधड़क मोटर चलानेवाला, लापरवाहीसे साइकिल चलानेवाला; ~ house धर्मशाला, पान्थशाला, सराय; ~man सड़कों मरम्मत करनेवाला; ~-metal सड़ककी गिट्टी; ~-sense (सड़कपरका) चालन-चातुर्य, (सड़कपर सवारी चलानेकी होशियारी); ~ side मार्ग-पार्श्व, सड़कका किनारा; ~way मार्ग, सड़क; *in the* ~ किसीके काममें बाधा डालते हुए, रास्तेमें रोड़े डालते हुए; *royal* ~ *to* सरल उपाय, सीधा मार्ग, आसान ढंग; *take the* ~ (यात्राके लिए) प्रस्थान करना, चल देना रास्ता पकड़ना;

~ alignment, ~ ballast, ~ bed, ~-book, ~-borne. ~-bound, ~ cess, ~ classification, ~ construction, ~-craft, ~-crossing, ~ design, ~ fund, ~ gradient, ~ journey allowance, ~ labourer, ~-making, ~-map, ~ material, ~-mending, ~ metalling, ~ mileage allowance, ~ network, ~ patrol, ~ plant, ~ register, ~ roller, ~ roller driver, ~ roller mechanic, ~ rolling, ~-scraper, ~s division, ~ service, ~ stone, ~-surface, ~-surveyor, ~ system, ~ toll, ~ transport, ~ tunnel, ~ year.

road[2] v.t. (कुत्तेका घ्राण-शक्ति द्वारा) अनुगमन करना, पीछा करना।

roadability n. (मोटरकी) राजपथ-योग्यता, राजमार्ग-प्रयोज्यता, सड़कपर चलनेकी अवस्था।

roaded a. मार्गयुक्त, सड़कदार।

roadless a. मार्गशून्य, मार्गरहित, बेसड़क।

roadster n. (लंगरगाहमें) लंगरपर खड़ा हुआ जहाज; (सड़कोंपर चलनेका) वाहन, यान, गाड़ी, सवारी; सिद्ध यात्री, अनुभवप्राप्त मुसाफिर।

roam[1] n. (क्र०) भ्रमण, संचरण, सैर, सफर।

roam[2] v. i. & t. इतस्ततः भ्रमण करना, संचरण करना, निरुद्देश्य घूमना, डोलना, रमते फिरना, आवारा फिरना; मारे-मारे फिरना, भटकते फिरना।

roamer n. निरुद्देश्य-पर्यटक, भ्रमणकारी, भटकनेवाला, घुमक्कड़।

roaming १. n. भ्रमण, पर्यटण; २. a. भ्रमणकारी, पर्यटक, घूमता हुआ (~ *ambassador*)।

roan[1] n. (जिल्द बाँधनेमें प्रयुक्त) भेड़का नर्म चमड़ा।

roan[2] n. शबल अश्व, चित्रघोटक, चितकबरा घोड़ा; विचित्र वर्ण, अद्भुत रंग।

roan[3] a. (पशु आदि) शबल, चित्र-विचित्र, चितकबरा, चित्तीदार।

roar[1] n. सिंह-गर्जन, दहाड़, गुर्राहट, गूँज, चिंघाड़; (व्यक्ति या समुदायका) चीत्कार, चिल्लाहट; ठट्ठा, ठहाका; कड़क; भभक, धड़ाका अन्य शब्द।

roar[2] v.i. & t. गर्जन करना, गरजना, हुंकार भरना, दहाड़ना, चिंघाड़ना, गुर्राना; चीत्कार करना, चीखना; (क्रोधमें) चिल्लाना; (हँसीमें) ठट्ठा मारकर हँसना; (बिजलीका) कड़कना; (तोपका) धड़ाका होना; (भट्ठेका) भभकना; (घोड़े आदिका) फूत्कार करना, फुफकारना, साँस लेनेमें खुर्र-खुर्र करना; (स्थानका) कोलाहलमय होना, शोरगुलसे गूँज उठना; तारस्वरेण शब्दोच्चारण करना; ऊँचे स्वरमें गाना; गर्जन करके छा जाना, चिल्लाकर दबा देना।

roarer n. चिल्लानेवाला आदि क्रियागत अर्थोंमें; खुर्र-खुर्र करनेवाला घोड़ा।

roaring[1] n. घोड़ेकी खुर्र-खुर्र; गर्जना, गुर्राहट, दहाड़; घनरव, गड़गड़ाहट. निर्घोष, नाद।

roaring[2] a. आक्रोशी, कोलाहलकारी, उपद्रवी, ऊधमी, झगड़ालू, दहाड़ने या गुर्रानेवाला; स्फूर्तिवान्, फुर्तीला, तेज; कोलाहलमय, होहल्लेवाला; वर्धमान, विकासशील, उन्नतिशील, बढ़ता हुआ; ~ blade (प्रा०) दुश्चरित्र व्यक्ति, अल्पकालमें स्वशक्ति क्षीण करनेवाला व्यक्ति।

roast[1] n. भुना हुआ मांस, कबाब; भूननेकी क्रिया।

roast[2] v.t. & i. विभर्जित करना, भूनना, सेंकना, कबाब बनाना; (धातुको) तपाना, गरमाना, जलाना; (स्वयं) झुलस जाना; चुटकियाँ लेना, बुद्धू बनाना, मजाक उड़ाना; भुनना, तपना, झुलसना, मजाक सहना।

roasted a. उत्तप्त, अतितप्त, भृष्ट, भूना हुआ (~ *coffee*)।

roaster n. भर्जक, भूननेवाला, तपानेवाला; भ्राष्ट्री, भट्ठी, तन्दूर; भर्जित्र; (कहवेके बीजोंको) भूननेका बर्तन;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

भूनने योग्य सुअर या आलू।

roasting n. विभर्जन, भर्जनक्रिया, भ्राष्ट्रभर्जन, भूनना; ~ furnace भर्जित्रभ्राष्ट्र, भूननेकी भट्ठी।

rob[1] n. मुरब्बा, पाग।

rob[2] v.t. लुण्ठन करना, बलात् हरण करना, बलपूर्वक अपहरण करना, लूट लेना, डाका डालना, छीनना; वंचित रखना, पाने न देना; *to ~ Peter to pay Paul* गाय मारकर जूता दान।

roband n. = ROBBIN.

robber n. अवस्कन्दक, दस्यु, लुण्ठक, लुटेरा, डाकू, बटमार।

robbery n. अवस्कन्दन, दस्युवृत्ति, लुण्ठकता, अपहरण, अपहार, लुण्ठन, बटमारी, डाका, लूट।

robbin n. (नौवि०) पाल-रज्जु, पालकी रस्सी।

robe[1] n. परिच्छद, वस्त्र, पोशाक, राजपोशाक, गाउन, लबादा, अँगरखा, चोगा; ऊपरका कोट, ओवरकोट; बच्चेका झँगुला; *gentlemen of the ~* वकील; *the long ~* लम्बा परिच्छद, लम्बा चोगा (विशे० पादरियों या वकीलोंका)।

robe[2] v.t. & i. परिच्छद पहनाना, पोशाक पहनाना; परिच्छद पहनना, पोशाक पहनना, वस्त्राच्छादित करना या होना, वर्दी पहनना।

Robert n. पुलिस सिपाही।

robin ⊙, **Robin** ⊙ nn. (~ *redbreast* भी) क्षुद्र गायक पक्षि-विशेष, एक लाल चिड़िया, रोबिन; ~ flower रक्त कषायमूल; R~ Goodfellow रंगकारी भूत-विशेष, चंचल प्रेत, चालाक भूत; R~ Hood (विख्यात मध्ययुगीन दस्यु) रोबिनहुड;

~ hedge-sparrow, ~-in-the-hedge, ~-redbreast, ~ redshanks, ~'s eggblue, ~'s eye.

roborant[1] n. वाजीकरण, शक्तिदायक ओषधि, शक्तिवर्द्धक दवा, टानिक।

roborant[2] a. शक्तिदायक, शक्तिवर्द्धक।

robot n. यन्त्रमानव, मानवाकार स्वयंचालित यन्त्र, मनुष्यवत् कर्मचारी यन्त्र, यन्त्रवत् व्यक्ति, मशीन-जैसा आदमी; स्वयंचालित यातायात-संकेत; गुंजप्रस्फोट, उड़ता हुआ बमगोला।

robotization n. यन्त्रीयन, यन्त्रीकरण, मशीन बना देना; यन्त्रीयित व्यवहार, यन्त्रीकृत व्यवहार, मशीन-जैसा कामकाज।

robotize v.t. यन्त्रीयित करना, यन्त्रीकृत करना, मशीन बना देना।

roburite n. बलरफोटक।

robust a. सतेज, तेजवान्; मांसल, दृढ़ांग, दृढ़, बलवान्, हट्टाकट्टा, तगड़ा; (शरीर) सुगठित, गठीला; शक्तिपूर्ण, बलपूर्ण, बली, ताकतवर; (बुद्धि या समझ) सहज, सरल, सच्ची, खरी।

robustious a. उद्दण्ड, उपद्रवी, ऊधमी, भड़भड़िया, झगड़ालू।

robustness n. दृढ़ता, दृढ़ांगता, मांसलता, बलशालिता, हृष्टपुष्टता, मजबूती, ताकत, तगड़ापन; सरलता, सहजता, स्पष्टवादिता, खरापन।

roc n. (अलिफ लैलाकी कहानियोंमें वर्णित) रुख, विशालकाय पक्षी-विशेष।

rochet n. लबादा, चोगा, कफनी।

rock[1] n. (भूमिके नीचेका) ठोस भाग, कड़ी भूमि; शैल, पर्वत, पहाड़; मिट्टीका टीला, समुद्री टीला; पाषाण, पत्थर, शिला, चट्टान; आश्रय, रक्षासाधन; संघात, शक्ति, बल; एक प्रकारकी कड़ी मिठाई; पहाड़ी कबूतर; ~-bottom चट्टानी तल; (बोल०) निम्नतम, बहुत ही कम; ~-cake पत्थर फोड़नेवाली मशीन; ~-crystal शैल स्फट, शिलामणिभ, पत्थरी बिल्लौर; ~ dove गिरिकपोत, पहाड़ी पेंडुकी; ~-garden पथरीला चबूतरा, चट्टानी टीला (जिसकी दरारोंमें चट्टानी पौधे उगाये जाते हैं); बाग (जिसमें कृत्रिम रूपसे पथरीले टीले बनाये जाते हैं); R~ of ages यीशू; ~-oil खनिज तैल, मिट्टीका तेल; ~-pigeon नीलकपोत, गिरिकपोत, पहाड़ी कबूतर; ~-rabbit गिरिशशक, पहाड़ी खरगोश; ~-salt शैललवण, खनिजलवण, पहाड़ी नमक, लाहौरी नमक; ~ tar मिट्टीका तेल, पेट्रोल; the R~ जिब्राल्टर; *on the ~s* अभावग्रस्त, पैसेसे खाली, टोटेमें;

~-alum, ~ arrangement, ~ asphalt, ~ barnacle, ~-based, ~ basin, ~-bed, ~-boring, ~-bound, ~ brake, ~-built, ~ bush-quail, ~-cleft, ~ climber, ~ couloir, ~ cress, ~ crevice, ~-cut, ~-cut cave, ~-cut temple, ~ drill, ~-fall, ~ fish, ~ flour, ~ form, ~ fragment, ~-free, ~-goat, ~-hearted, ~-hewn, ~ hopper, ~ inscription, ~ jasmine, ~-lark, ~ lobster, ~ mass, ~ melon, ~ outcrops, ~ phosphate, ~-piled, ~ pipit, ~-plant, ~ pool, ~ rib, ~-ribbed, ~ roofing, ~ scarlet, ~ shaft, ~ slide, ~ snake, ~ sparrow, ~-strewn, ~ system, ~ temple, ~ thrush, ~-torn, ~ tripe, ~ type, ~-water, ~ weed, ~-wood.

rock[2] n. (इति०) तकुआ, बड़ी तकली या तकला।

rock[3] n. झूलना, हिलना, डोलना, झोंक, झोंका।

rock[4] v.t. & i. कम्पित होना, विकम्पित होना, इधर-उधर हिलना, हिलाना, झोंका देना या खाना, डोलना या डुलाना, झूलना, झुलाना (~ *him to sleep*); घूमना या घुमाना, चक्कर खाना या देना।

rockaway n. ⊙एक चौपहिया गाड़ी।

rocker n. (क्रियागत अर्थोंमें) दोलक, झुलानेवाला, हिलानेवाला, डुलानेवाला; हिंडोला, पालना; (सोनेकी खानवालोंका) झूलन छाज; मुड़ा हुआ स्केट; *off one's ~* उद्भ्रान्त, सनकी, झक्की।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

rockery n. कृत्रिम शिलामाला, बनावटी चट्टानोंकी श्रेणी, पत्थरोंका बनावटी ढेर।

rocket[1] n. (सलादमें प्रयुक्त) तन्तुभ, सलादका एक पौधा, कलगा।

rocket[2] n. प्रोल्का, अग्निबाण, हवाई बान, राकेट (~ *bomb, gun*)।

rocket[3] v.t. & i. राकेटोंकी बमबारी करना, हवाइयों-की बौछार करना; (घोड़े या सवारका हवाईकी भाँति) ऊपरको तेजीसे बढ़ना, तीरकी तरह ऊपर चढ़ना; (तीरका) तेजीसे सीधा और ऊँचा उड़ जाना।

rocketer n. तेजीसे ऊपर उड़नेवाला तीर।

rocketting a. (ला०) गगनचुम्बी (~ *prices*)।

rockiness n. पाषाणहृदयता, निर्ममता, कठोरता; दृढ़ता, अडिगता; पथरीलापन, ठोसपन।

rocking १. n. दोलन, झूलना; २. a. दोली, झूलने-वाला (~ *chair*)।

rockless a. शिलाशून्य, चट्टानरहित।

rocklet n. क्षुद्र शिला, पाषाण, छोटी-सी चट्टान।

rocklike a. शिलावत्, शिलासंकाश, शिलासदृश, चट्टानोंकी भाँति, पथरीला, कड़ा।

rockling n. एक मछली।

rocky a. शैलमय, शिलापूर्ण, पहाड़ी, चट्टानी, चट्टानोंसे भरा, पथरीला; (चट्टानकी भाँति) निर्मम, कठोर, दृढ़, अडिग, कड़ा, ठोस; (क०) अस्थिर, हिलता-डुलता; the R~ies राकी शैलमालाएँ (उत्तरी अमरीकामें)।

rococo[1] n. कलाकी अलंकृत शैली।

rococo[2] a. अत्यलंकृत, भड़कीला, चमकीला; अप्रचलित, पुरानी चालका।

rod* n. शलाका; वेत्र, बेंत, दण्ड, यष्टि, छड़*, छड़ी; शासनदण्ड, प्रभुता-चिह्न; प्रभुत्व; दण्ड, शासन, सजा; उत्पीड़न, अत्याचार, अनाचार; अन्वय, जाति, वंश; मछलीकी बंसी; (श० र० क्षा०) डण्डेके आकारका ढाँचा; *have a ~ in pickle for* दण्ड देनेके लिए तुला रहना, मौकेकी घातमें रहना; *spare the ~ and spoil the child* बच्चेको मारो नहीं तो बिगड़ जायगा; ~ fishing, ~-like, ~ mill, ~ thinning.

rodding n. दण्ड, दण्ड-समूह, डण्डे।

rode[1] RIDE का भू० कृ०।

rode[2] v.i. सान्ध्य-विचरण, (सन्ध्याकालमें) उड़ना।

rodent[1] n. तीक्ष्णदन्त जन्तु, कर्तक जन्तु, कुतरनेवाला जन्तु; मूषक, मूस।

rodent[2] a. चर्वणकारी, कर्तनकारी, कुतरनेवाला, कृन्तक, मांसक्षय करनेवाला, काटनेवाला (~ *ulcer*)।

rodential a. कृन्तक, कुतरनेवाला; मूसका।

rodenticide n. कृन्तकहत्या, मूषकघात; कृन्तकघ्नी, कृन्तकनाशी, मूसमार।

rodeo n. (पश्चिमी अमरीकामें चरागाहोंमें दागनेके लिए पशुओंका) वृन्द, पशुसमूह, हँकाव, घिराव; गोष्ठ, एकत्र करनेका बाड़ा; ग्वालोंके चातुर्यकी प्रदर्शनी; (परिवर्तित) मोटरसाइकिलके खेलोंका प्रदर्शन।

rodomontade[1] n. उद्धत वचन, दम्भपूर्ण कथन, गर्वोक्ति, डींग, शेखी, बेतुकी बात।

rodomontade[2] v.t. गर्वोक्ति करना, डींग मारना, दूरकी हाँकना, लम्बी-चौड़ी बातें करना, शेखी बघारना, बेतुकी हाँकना।

rodomontade[3] a. गर्वोक्तिपूर्ण, दम्भमय, डींगभरा, शेखीभरा।

rodomontader n. दम्भी, घमण्डी, डींग हाँकनेवाला, शेखीबाज।

rodster n. मत्स्याखेटक, मछुआ, मछेरा।

roe[1] n. (collect. sing. या pl. के लिए) मृगी, हरिणी, लाल हिरनी, चिकारा, (छोटी जातिका एशियाई या यूरोपीय हरिण)।

roe[2] n. मत्स्याण्ड, मीनगर्भ, मत्स्यशुक्र (मछलीके अण्डाशयमें) अण्डोंका गुच्छा; ~-stone दानेदार चूना-पत्थर।

roebuck n. मृग, हरिण।

roed a. मत्स्याण्डयुक्त, मत्स्यशुक्रयुक्त।

rogation n. (प्रायः pl.) प्रार्थना; (रोम० पुरातत्त्व; न्यायमण्डल द्वारा जनताके प्रस्तावित) विधान, विधि, कानून।

rogational a. प्रार्थना-विषयक, विकयपूर्ण।

rogue n. दुरात्मा, प्रतारक, कितव, धूर्त्त, दुर्जन, शठ, खल, लम्पट, वंचक, कूटकार, ठग, पाजी, लुच्चा, लफंगा, बदमाश, आवारा; चंचल बालिका, नटखट बालक; वन्य पशु, आवारा जानवर (~ *elephant*); (नये अंकुरोंके बीचका) हीनांश, बेकार पौधा; शिकारका अड़ियल घोड़ा।

roguery n. कैतव, प्रतारकता, शठता, दौर्जन्य, वंचकता, दुर्जनता, लम्पटता, धूर्तता, चालबाजी, शरारत; आवारा-गर्दी; लुच्चापन, बदमाशी।

roguing n. (कृषिवि०) हीनापनयन, (बड़े पौधों द्वारा छोटोंका दबा दिया जाना)।

roguish a. कितव, वंचक, प्रतारक, धूर्त, शठ, बदमाश, आवारा, गुण्डा।

roguishness n. कैतव, प्रतारकता, वंचकता, शठता, धूर्तता, गुण्डापन, बदमाशी, चालबाजी; नटखटपन, मसखरापन।

roil v.t. उत्तेजित करना, क्रोधित करना, गुस्सा दिलाना, ताव दिलाना, चिढ़ा भरना, हुलकारना; मलिन करना, गन्दा कर देना, गँदला कर देना।

roister[1] n. दम्भकारी, शेखीबाज; गर्जन-तर्जनकारी, कलहप्रिय, बड़बड़िया, हल्लागुल्ला करनेवाला।

roister[2] v.t. कोलाहलपूर्ण पानोत्सव मनाना, रँगरेलियाँ मनाना, ठट्ठा करना, हल्लागुल्ला करना।

roisterer n. = ROISTER[1]।

roistering n. दम्भकरण, गर्जन-तर्जन; हल्लागुल्ला, आमोद-प्रमोद, धमाचौकड़ी, रँगरेलियाँ, ठहाका, जोरकी हँसी।

rokelay n. (१९वीं शतीका) महिला-वस्त्र, जनाना-लबादा।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

roker n. उल्टे काँटोंवाली मछली।

role n. भूमिका, अभिनेय अंश, भाग, कार्यभाग, पार्ट; गृहीत कार्य, महत् कार्य, कृत्य।

roll[1] n. (स्तम्भपर) कुण्डल, कुण्डलाकृति; प्रलेख, दस्तावेज; पंजी, नामावली, सूची, तालिका, पुस्ती, वही, फिहरिस्त; उपस्थितिपंजी, उपस्थिति-रजिस्टर, हाजिरी-रजिस्टर; (किसी वस्तुका) वेलनाकार अथवा अर्धवेलनाकार भाग; पिण्ड, गोला, वट्टी, टिकिया (*a ~ of butter, soap, tobacco*); (किसी वस्तुका) मुड़ा हुआ किनारा (जैसे कोटका कालर); वेलनाकार औजार, वेलन, रोलर; ~-call उपस्थिति, हाजिरी; *strike off the ~* नाम काट देना।

roll[2]* v.t. & i. वेल्लित होना, आन्दोलित होना, संचालित होना, इतस्ततः चालित होना, दोलायित होना, झूमते चलना, डाँवाँडोल होना, लुढ़कना*, लुढ़काना*, ढुलकाना, लुढ़की खाना या खिलाना; भटकाना, फिराना; (कीचड़, बालू आदिमें) लोटना, लोट लगाना; तरंगित होना, लहराना; तरंगित होकर आगे बढ़ना, लहराते हुए आगे खिसकना; गड़गड़ाना, गड़-गड़ शब्द करना, लहराती हुई ध्वनि उत्पन्न करना; (किसी पहियेदार सवारी-का) चलना, घिसटना; गाड़ीसे जाना; वेलन फेरना, वेलनसे दबाना, लोढ़ना, एक-सा करना, बराबर करना; (वेलनकी तरह) लपेटना या लिपटना, वेलनाकार होना, बण्डल-सा बन जाना या बनाना; फटाफट बजाना; वेष्टित करना, तह करना; *~ up* (शत्रुसैन्यके) पार्श्वभागको पीछे धकेलना, खदेड़ना; लपेटना; (बोल०) प्रकट होना, दिखाई पड़ना।

rollable a. वेल्लनीय, लुठनीय, लुढ़कने योग्य, लुढ़काये जाने योग्य, एक-सा किये जाने योग्य।

rolled a. वेल्लित, लुठित, लुलित, लुढ़काया हुआ; वेलन-पर साफ किया हुआ (*~ glass, steel*)।

roller n. (लकड़ी, धातु या पत्थरका) वर्तनयन्त्र, वेलना, वेलन, लोढ़ा; लुढ़कने या लुढ़कानेवाला, लपेटनेवाला, वेलनाकार बनानेवाला; (प्रायः *~ bandage*) लपेटी हुई पट्टी; नीलकण्ठ, चाष; लोटन कबूतर; उत्ताल तरंग, जोरकी लहर; एक जर्मन गायक पक्षीकी नस्ल; *~ towel* वेलनपर चढ़ी हुई तौलिया:

~ bearing, ~-caster, ~ composition, ~ fillet, ~ flour mill, ~-ginned cotton, ~ mill, ~ mill process, ~ moulder, ~ ~ printing, ~ rod, ~ wheels.

rolley दे० RULLEY.

rollick[1] n. कोलाहलमय आमोद-प्रमोद, विलासपूर्ण व्यवहार, रंगरेलियाँ, गुलछर्रे।

rollick[2] v.t. आमोदप्रिय होना, प्रसन्नचित्त होना, हँसना-हँसाना, आनन्दपूर्वक जीवन बिताना, हँसते-हँसाते जिन्दगी गुजारना, जीवन-सुख लूटना, रँगरेलियाँ करना, गुलछर्रे उड़ाना, मौज करना।

rollicking a. आमोदी, प्रमोदी, तमाशाबाज, मनमौजी, बेपरवाह।

rolling[1] n. वेल्लन, व्यावर्तन, घूर्णन, परिभ्रमण, लुढकना, वेलना।

rolling[2] a. घूर्णमान, भ्रममाण; लहरदार (*~ expanse, plain*); *~ look* विलोल दृष्टि; *~-pin* वेलना, वेलन; *~ stone* बेपेंदीका आदमी;

~ capital, ~ friction, ~ grass, ~ mill, ~ motion, ~ resistance, ~ ring, ~ stock, ~ surface, ~ wheel.

roly-poly[1] n. (*~ pudding* भी) बर्फी, पडिंग।

roly-poly[2] a. (बच्चा) थूलमथूल, गोलमटोल, मोटा-ताजा।

rom n. कंजड़, खानाबदोश आदमी, बंजारा, रोमनी।

Romaic n. & a. आधुनिक ग्रीसकी भाषा; रोमेयिक भाषा-विषयक।

romaika n. रोमाइका, आधुनिक यूनानी राष्ट्रनृत्य।

romal n. कशा-चर्म, चाबुकका चमड़ा।

Roman[1] n. रोम-अधिवासी, रोम-निवासी, रोमन; (pl.) प्राचीन रोमके ईसाई।

Roman[2] a. रोमीय, रोम-विषयक, रोम-सम्बन्धी, रोमन; *~ alphabet* रोमन लिपि, रोमन वर्णमाला;

~ architecture, ~ balance, ~ capitals, ~ cement, ~ fever, ~ history, ~ honesty, ~ law, ~ letters, ~ nose, ~ numerals, ~ ochre, ~ pottery, ~ school, ~ simplicity, ~ type, ~ virtue, ~ wormwood.

Roman Catholic a. & n. रोमन चर्चसे सम्बद्ध (व्यक्ति); रोमके चर्चका (सदस्य)।

Roman-Catholicism n. रोमन-कैथोलिक मत, रोमका कट्टर ईसाई धर्म।

romance[1] n. (R~, पुराने फ्रांसकी देशी भाषा) रोमांस; आश्चर्यजनक घटना, उपन्यास, उपकथा; मध्ययुगीन वीरगाथा; रोमांसवादी साहित्य; प्रणयसाधना, प्रणय, प्रेम; प्रेमालाप; सहानुभूतिपूर्ण काल्पनिकता, रोमांस-प्रवृत्ति; अतिशयोक्ति, अत्युक्ति; (संगीत) सरल गीत, गीतिका, छोटा गीत।

romance[2] v.i. अतिशयोक्तिपूर्ण वर्णन करना, सत्यको तोड़ना-मरोड़ना, लम्बी-चौड़ी हाँकना; काल्पनिक बात गढ़ना।

romance[3] a. (प्रायः) लैटिनसे निःसृत या निकली हुई।

romanceless a. रोमांसशून्य।

romancer n. मिथ्यावादी, मनोरंजक एवं विलक्षण कथा गढ़नेमें निपुण व्यक्ति, कल्पित कथाओंका लेखक, रोमांसवादी साहित्यकार।

romancist n. उपन्यासकार, उपकथा-रचयिता, रोमांस-लेखक।

Romanese n. रोमनी भाषा।

Romanesque[1] n. (प्राचीन फ्रांसकी देशी भाषा) रोमांस; (सामुदायिक) लैटिनसे निकली हुई भाषाएँ; (स्था०, मध्ययुगमें रोम-प्रभावित) स्थापत्य-शैली।

Romanesque[2] a. लैटिनसे निकली हुई; मध्ययुगीन

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

स्थापत्य-शैलीका ।

Romanic n. रोमांस भाषा, रोमांस भाषा-भाषी; रोमन सभ्यताका उत्तराधिकारी ।

Romanish a. रोमन कैथोलिक धर्म-सम्बन्धी, रोमन-कैथोलिकका-सा ।

Romanism n. रोमनत्व, रोमवाद, रोमनपन; रोमन-कैथोलिक धर्मनीति ।

Romanist n. रोमवादी, रोम-धर्मवादी; रोमन-कैथोलिक मतावलम्बी ।

Romanistic a. रोमनी; = ROMANISH ।

Romanity n. (क्व०) रोमनत्व, रोमनपन; रोमन-साम्राज्य ।

Romanization n. रोमीकरण करना, रोमी रंगमें रँगना, रोमन कैथोलिक बनानेकी क्रिया ।

Romanize v.t. रोमी बनाना, रोमन रँगमें रँगना, रोमन कैथोलिक बनाना; रोमन अक्षरोंमें लिखना ।

Romanizer n. रोमीकर्ता, रोमीकरण करनेवाला, रोमन रंगमें रँगनेवाला, रोमन-कैथोलिक बनानेवाला ।

Romansh, Rou-, Ru-, n. (पूर्वी स्काटलैण्डके उत्तर-पश्चिमी भागकी बोली), रोमांश ।

romantic[1] n. स्वच्छन्दतावादी, रोमांसवादी, रोमाण्टिक; प्रेमसाधना-सम्बन्धी ।

romantic[2] a. स्वच्छन्द, काल्पनिक, स्वप्नदर्शी, कल्पना-जीवी, स्वप्नजीवी, भावुक, अव्यवहार्य, अनुभूतिशून्य, रोमानी, रोमाण्टिक (~ *adventure, story*); (सगीत) कल्पनाबहुल, कल्पित, भावुकता-प्रधान, रोमांसपूर्ण; (योजनाएँ) अद्‌भुत, विचित्र, विलक्षण, आश्चर्यजनक, असंगत, निराधार, अव्यावहारिक, स्वप्नलोकीय, ख्याली, शेखचिल्लीका-सा, निराला, अनूठा; (साहित्य) भाव-प्रधान, कल्पनाप्रधान, उत्तेजनात्मक, भावुकतापूर्ण, चित्रमय, मुक्त, स्वच्छन्द, अलकृत, आलंकारिक ।

romanticism n. भावात्मकता, काल्पनिकता, स्वच्छन्दता, रोमानियत, रोमांसवाद ।

romanticist n. स्वच्छन्दतावादी, भावुकतावादी, रोमांसवादी, रोमाण्टिक ।

romanticize v. i. & t. काल्पनिक बनाना, भावुकतापूर्ण बनाना, रोमानी रंग चढ़ाना, रोमानी बनाना या बनना, रोमाण्टिक होना ।

romanticness n. स्वच्छन्दता, काल्पनिकता, स्वप्न-दर्शिता, कल्पनाजीविता, स्वप्नजीविता, भावुकता, अव्यव-हार्यता, अनुभूतिशून्यता, रोमानीपन, रोमांसपूर्णता; अद्‌भुतता, विचित्रता, विलक्षणता, आश्चर्यजनकता, असंगति, अव्यावहारिकता; अलंकृतता, आलंकारिकता; दृश्यबहुलता, वन्यता ।

Romany[1] n. (pl.) यायावर, कंजर, खानाबदोश, बनजारा, जिप्सी; यायावरीय भाषा, जिप्सी-भाषा ।

Romany[2] a. यायावर-, यायावरीय, कंजर-विषयक, जिप्सीका ।

romaunt n. (प्रा०) कल्पनाप्रधान कथा, कल्पनाप्रधान उपन्यास ।

Romish a. (मुख्यतः अपमान०) रोमन कैथोलिक धर्म-सम्बन्धी, कट्टर ।

romp[1] n. धमाचौकड़ी, लम्पझम्प, गोलमाल, गुत्थम-गुत्था, हुड़दंग, ऊधम; प्रगल्भ स्त्री, ऊधमी लड़का ।

romp[2] v i. ऊधम मचाना, गुत्थमगुत्था होना, धमा-चौकड़ी मचाना, दौड़ा-दौड़ी करना, गोलमाल करना, लम्प-झम्प करना; (घुड़दौड़में) बिना मेहनतके निकल जाना, हँसते-खेलते मैदान मार ले जाना, आसानीसे बाजी मार ले जाना ।

romper n. (sing या pl.) बच्चेका ऊपर पहननेका वस्त्र ।

rompish a. क्रीड़ाप्रिय, लम्पझम्प करनेवाला, कुदक्कड़ ।

rompishness n. क्रीड़ाप्रियता, लम्प-झम्प करनेकी आदत ।

rompu a. भग्न, खण्डित, विच्छिन्न, टूटा हुआ ।

rompy a. क्रीड़ाप्रिय, खिलाड़ी, मौजी ।

rondeau n. (दस या तेरह पंक्तियोंकी कविता) रोण्डो ।

rondel n. RONDEAU का अन्य रूप ।

rondure n. वृत्त, वलय; छल्ला, अँगूठी; वर्तुलता, गोलाई ।

Roneo n. एक प्रतिलिपियन्त्र (का नाम) ।

rontgenism n. क्ष-रश्मि-प्रयोग, एक्स-रेका उपचार ।

rontgenize v.t. क्ष-रश्मि-प्रभावित करना, एक्स-रे-लगाना ।

rontgenogram n. (घनवेधी रश्मियों द्वारा लिया गया फोटो), एक्स-रे-छायाचित्र ।

rontgenography n. क्ष-रश्मि-चित्रण, एक्स-रेसे फोटो लेना ।

rontgenology n. क्ष-रश्मिकी, क्ष-रश्मि-विज्ञान, क्ष-रश्मि-शास्त्र, एक्स-रे-विज्ञान ।

rontgenotherapy n. क्ष-रश्मि-चिकित्सा, एक्स-रे-चिकित्सा ।

rontgen rays n. घनवेधी रश्मि, क्ष-रश्मि, एक्स-रे ।

rontography n. क्ष-रश्मि-चित्रकला, एक्स-रे-चित्रण ।

ronyon n. = RUNNION.

rood n. क्रूस, क्रास; क्रासपर ईसामसीहकी प्रतिमा; चतुर्थांश-प्रहल, चौथाई एकड़ = १२२० वर्ग गज; गट्ठा; ~-beam आड़ी शहतीर; ~-loft दीवारी पर्देके ऊपरकी गैलरी; ~-screen दीवारी पर्दा ।

roof[1]* n. छदि, छत*, छप्पर, सायबान; तालु; पटल; ~ of the mouth तालू; *under* one's ~ किसीके अतिथिके रूपमें ।

roof[2] v.t. छादन करना, छत डालना, छप्पर बनाना, छाना, पाटना ।

roofage n. छतका सामान ।

roofed a. छतदार, छप्परदार; पटलाच्छन्न ।

roofer n. (बोल० विदा होनेके अनन्तर दर्शक या अतिथि द्वारा प्रेषित) धन्यवाद-पत्र ।

roofing n. छाजन, छवाई, छत बनाना; पर्ण, पयाल, पतेर, सरपत, कास, छाजनकी सामग्री ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

roofless a. बेछत, बिना छप्परका; निराश्रय।
roofy a. छतदार, छाजनदार, छवाईदार।
rooinek n. रोयनेक (अँग्रेजोंका उपनाम)।
rook[1] n. संघकाक, रुक; (ताश या जुएमें) वंचक, पत्ता-चोर, चालबाज; प्रतारक, ठग; पादरी।
rook[2] n. (शतरंज) = CASTLE[1], रुख।
rook[3] v.t. (ताश या जुएमें) चालबाजीसे जीतना, बेईमानीसे जीतना; (ग्राहकोंको) प्रवंचित करना, प्रतारित करना, ठगना, धोखा देना, लूटना, मूँड़ना, अधिक दाम लेना।
rookery n. काकाश्रय, रुक पक्षियोंका अड्डा, कौओंके अड्डोंसे युक्त वृक्ष-समूह; घना बसा हुआ मुहल्ला; वेश्या-लय, चकला।
rookie n. (सेना, ग्रा०) रँगरूट।
rooklet, rookling n. क्षुद्र संघकाक, छोटा रुक पक्षी, रुकका बच्चा।
rooky a. संघकाक-संकुल, रुक पक्षियोंसे भरा हुआ।
room[1]* n. स्थान, ठौर, जगह* (*takes up too much ~*); अवकाश, रिक्त स्थान, खाली जगह, समाई, गुंजाइश (*we have no ~ here for idlers*); सुयोग, अवसर, मौका; कक्ष, कोष्ठ, प्रकोष्ठ, कोठा, कोठरी, कमरा*; (pl.) अस्थायी निवास; ~ clerk ⊙ स्वागत-करणिक, स्वागत-क्लर्क; *give ~* जगह खाली कर जाना, हटना; *make ~* स्थान देना, जगह देना, सरकना, हटना; *~s away* ⊙ (के) बाहर।
room ⊙[2] v.t. अस्थायी निवास बनाना, थोड़े समयके लिए टिकना, कमरा लेना।
roomage n. कक्ष-संख्या, कमरोंकी संख्या; गुंजायश।
roomed a. कक्षयुक्त, प्रकोष्ठमय, कमरेवाला।
roomer ⊙ n. अस्थायी निवासी, किरायेदार।
roomful n. एक कमरेभर।
roominess n. प्रशस्तता, विशालता, विस्तार, फैलाव, लम्बाई-चौड़ाई, समाई।
rooming-house ⊙ n. अस्थायी निवास-गृह।
roomy a. प्रशस्त, विशाल, विस्तृत, विस्तीर्ण, लम्बा-चौड़ा, खुला।
roop n. कर्कशता, कर्णकटुता।
roopy a. परुष, कठिन, कठोर, श्रुतिकटु, कर्णकटु!
roost[1] n. (*Orkneys* एवं *Shetland* द्वीपोंके आस-पासका) ज्वार-वेग।
roost[2] n. विश्राम-दण्ड, वास-दण्ड, निवास-दण्ड, पक्षि-दण्ड, वासयष्टि; (मुर्गियों इत्यादिका) अड्डा, बसेरा, दरबा; शयनकक्ष, शयनागार; *at ~* अड्डेमें, बसेरेपर; बिछौनेपर, बिस्तरमें; *go to ~* सोनेके लिए जाना, बिस्तरपर जाना।
roost[3] v.i. & t. (व्यक्तियोंका) वास करना, विश्राम करना, सोने जाना, आराम करना; (पक्षियोंका) बसेरा लेना, अड्डेपर जाना; बिस्तर आदिका प्रबन्ध करना, सोनेके लिए स्थान देना या पाना।
rooster ⊙ n. पालतू मुर्गा।
roosting n. (पक्षियोंका) शयन, निलयन।
root[1]* n. मूल, जड़*; भित्ति; तलदेश; प्रत्यग्र प्ररोह, नव अंकुर, अँखुआ, कल्ला; (किसी अवयवके भीतर) मूलावयव, मूल अंग, मूल भाग, आदि, आरम्भ, आदिकारण, उद्गम; आधार, बुनियाद; निर्भरता, जारी रखनेका साधन; तल, तह; मूलतत्त्व, मूलसार, मूल-प्रकृति, असलियत; (गणित) मूल; (भाषा वि०) धातु, मूलरूप; (संगीत) मूलस्वर, मौलिक स्वर, बुनियादी स्वर; ~ & branch कुल, पूरा, सारा; ~ fallacy मूला-भास; ~-house जड़ोंका बना छप्पर; आलू आदि रखनेका स्थान; ~ idea मूल विचार; *lay axe to ~ of* मूलपर कुठाराघात करना, जड़ काटना; *pull up by the ~s* मूलोच्छेद करना, उन्मूलन करना, जड़से उखाड़ना; *take, strike, ~* मिट्टीसे पोषण ग्रहण करने लगना, जड़ पकड़ने लगना; (ला०) स्थापित होना, जमना, कायम होना;
~ absorption, ~ bark, ~-beer, ~-borer, ~ buds, ~-cap, ~-cause, ~ climber, ~ collar, ~ competition, ~ cortex, ~-crop, ~ development, ~ disc, ~ distribution, ~-eater, ~ effects, ~ excretions, ~-fallen, ~-fast, ~ hair, ~ hair region, ~-knot, ~ leaf, ~-like, ~ meristem, ~-neck, ~ nodule, ~-nodule bacillus, ~ parasite, ~ penetration, ~ pocket, ~ pressure, ~-pruning, ~ regions, ~ rot, ~-rubber, ~ section, ~ sheath, ~ shoot, ~ spine, ~-stalk, ~ stock, ~ sucker, ~ swell, ~ swelling, ~ system, ~ tendril, ~ thorn, ~ tuber, ~ tubercle, ~ vegetable, ~-wood ~ zone.
root[2] v.t. & i. दृढ़ करना, दृढ़ रूपसे स्थित कर देना, बद्धमूल करना स्थिर करना, अच्छी तरह जमा देना, गाड़ना (*take care to ~ them firmly*); जड़ जमा देना; स्थापित होना, स्थिर होना, जड़ पकड़ना, पक्का होना, जमना; (*up* या *out* के साथ) मूलोच्छेद करना, उन्मूलन करना, उखाड़ फेंकना, उजाड़ना।
root[3], **rout** v. i. & t. (सुअर आदिका) थूथनसे मिट्टी कुरेदना, खोदना; (*up* के साथ); परिश्रम करना, मेहनत करना; खोज लेना, ढूँढ़ निकालना, तलाश कर लेना, (अमरीका ग्रा०) दूसरेके लिए सक्रिय होना, दूसरेकी सक्रिय सहायता करना।
rootage n. रोपण, दृढ़ीकरण, प्रतिष्ठापन।
rooted a. दृढ़, सुदृढ़, बद्धमूल, धृतमूल, जड़दार।
rootedness n. दृढ़ता, सुदृढ़ता, बद्धमूलता, निश्चलता, पक्कापन, गहराई, मजबूती।
rootery n. जड़ों और ठूँठोंका ढेर (जिसपर पहाड़ी पौधे उगाये जाते हैं)।
rootle v. i. & t. = ROOT[3].
rootless a. अमूल, मूलहीन, मूलविहीन, बिना जड़का।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

rootlet n. मूलिका, क्षुद्रमूल, लघुमूल, छोटी जड़।
rooty[1] n. (सेना०, ग्रा०) रोटी।
rooty[2] a. मूलवान्, जड़दार, जड़वाला।
rope[1] n. रज्जु, रस्सा, रस्सी, जेंवरी, जउरी, डोरी; लड़ी (*~ of onions, pearls*); ~-dancer रज्जु-नर्तक, रज्जूपरिनर्तक, तने हुए रस्सेपर नाचनेवाला; ~-dancing रज्जुनर्तन; ~-walk रस्सी बटनेकी सड़क; ~-walker रज्जुनर्तक, रज्जूपरिनर्तक; ~-walking रज्जुनर्तन; ~-yard रस्सी बनानेका कारखाना; ~-yarn रस्सीका सूत; क्षुद्र वस्तु; *give* one ~ ढील देना, न रोकना; ~ *in* पक्षमें करना, फाँसना, रस्सी डालना; *pull the ~s* नियन्त्रण करना; *the* ~ फाँसी-की रस्सी;
~ gall, ~ knot, ~-ladder, ~ polygon, ~ pulley. ~ways, ~-wire.
rope[2] v.t. & i. (पर्वतारोहणमें) रस्सीसे बाँधना या जकड़ना; रस्सी बटना, रस्सी बनाना; (नाव खींचनेके लिए) रस्सेका प्रयोग करना; (रस्सेसे) घेरा डालना, बाड़ बनाना; (घुड़दौड़) घोड़ेको रोकना; (किसी प्रतियोगीका) पूरी शक्ति न लगा पाना, हार जाना; लसदार होना, तार बाँधने लगना।
roper n. रज्जुनिर्माता, रज्जु बटनेवाला; शठ, चाल-बाज।
ropery n. रज्जुनिर्माणालय, रज्जु बटनेका स्थान, रस्सीका कारखाना; शठता, चालबाजी।
ropiness n. सूत्ररूपिता; चिपचिपापन, लसलसाहट, चेप।
roping n. रस्सी बटना, रस्सी बनाना।
ropy, ropish aa. रज्जुधर्मी; सान्द्र, चिपचिपा, लसदार।
roque n. CROQUET खेलका एक रूप।
Roquefort n. (बकरीके दूधका) एक प्रकारका फ्रांसीसी पनीर।
roquelaure n. (पुरुषोंका एक) उपरिवस्त्र, अँगरखा।
roquet[1] n. गेंदोंके टकरानेकी अवस्था, गेंदपर गेंद मारनेकी क्रिया।
roquet[2] v.t. & i. किसी गेंदको दूसरी गेंदपर मारना, एक गेंदका दूसरी गेंदसे टकराना; हत्थेसे मारना।
roral a. अवश्याय-सदृश, ओस-जैसा, शबनम-जैसा; अवश्यायपूर्ण, ओसवाला।
roric a. = RORAL.
rorqual n. (पखयुक्त) ह्वेल मछली।
rorty, raughty aa. सुखद, मनोरंजक, आनन्दप्रद, मजेदार; मनोरंजन-प्रिय, खेल-तमाशेका शौकीन।
rosace n. चक्राकार खिड़की, गुलाबके फूलके आकारकी खिड़की; (गुलाबके आकारका) आभूषण, प्ररचना, डिजाइन।
Rosaceae n. पाटल-कुल, गुलाबकी जाति।
rosacean n. गुलाब प्रेमी, गुलाबके फूलका शौकीन।
rosaceous a. पाटलीय, गुलाबजातीय, गुलाबवाला।
rosaniline n. आनीलरक्त वर्ण, कुछ नीला लाल रंग।
rosarian n. पाटलवेत्ता, पाटलविद्, पाटल-वैज्ञानिक, गुलाबका जानकार।
rosary n. पाटलोद्यान, गुलाबकी क्यारी, गुलाबका चमन; प्रार्थनाका एक रूप; अक्षसूत्र, रुद्राक्षमाला, जप-माला; lesser ~ ५५ गुरियोंकी सुमिरिनी; ~ pea गुंजा।
rose[1] n. पाटल-पुष्प या वृक्ष, सेवती, गुलाबका फूल या पौधा; (राजवंशका) पाटल-चिह्न, गुलाबका चिह्न; पाटलाकार प्ररचना, गुलाबका-सा डिजाइन; गुलाबी रंग (*has quite lost her natural ~s*); (पादरीके टोपपर बना हुआ) गुलाब; फुँदना; (जानवरोंके) सींगकी जड़का उभार; (पक्षीकी) आँखका फुलाव; शीकरक, हजारेकी टोंटी; ~-apple जम्बु, जामुन; ~-bush गुलाबका पौधा; ~-chafer (प्रायः गुलाबमें पाया जानेवाला) हरा या ताँबेके रंगका कीड़ा; ~-colour पाटलवर्ण, रक्त, लाल, गुलाबी; (ला०) सुखमय अवस्था, आनन्द ही आनन्द, मजा; ~-coloured पाटलवर्णीय, गुलाबी; (ला०) आशावादी, उत्साही; प्रमुदित, प्रसन्न-चित्त, खुश; ~-drop लाल चित्तीवाला चर्मरोग; R~ of May सफेद नरगिस, रोज आव् मे; ~-pink (लकड़ीके कोड़ेसे बनी हुई) ब्राजीलकी खरिया मिट्टी या उसका रंग; ~-red गुलाबी, गुलाबकी भाँति लाल; ~ window गुलाबके आकारकी गोल खिड़की; ~wood प्रशिशपा, पाटलकाष्ठ, एक सुगन्धित लकड़ी; *bed of ~s* सुख-शय्या, आनन्दशय्या, सुखकी सेज, फूलोंकी सेज; *beneath the ~ lies the serpent* विषरस भरा कनक-घट जैसे; *gather ~s* or *life's ~s* जीवनका सुख लूटना, जिन्दगीके मजे उड़ाना; *path strewn with ~s* आनन्दमय जीवन, सुखमय जीवन, चैनकी जिन्दगी; (*no*) ~ *without a thorn* जहाँ फूल तहाँ काँटा, असम्भव सुख, निष्कंटक पाटल, वास्तविक आनन्द, शुद्ध आनन्द; *the ~ of* (अमुक स्थानकी) सर्वोत्तम सुन्दरी; *under the* ~ रहस्यपूर्ण;
~ bay oleander, ~ berry spurge, ~ blush, ~-bowl, ~-bud, ~ burner, ~-diamond, ~-finch, ~ lake, ~ laurel, ~-lipped, ~ lotion, ~ madder, ~ morn, ~ purple, ~ quartz, ~-ringed, ~ tan, ~ tangle, ~-topaz, ~-tree, ~-water, ~ wood.
rose[2] v.t. चेहरेको गुलाबी करना, (बर्फीले ढालको) चमका देना, गुलाबका रंग देना।
rose[3] a. पाटलीय, गुलाबी।
rose[4] RISE[1] का भूतकालिक रूप।
roseal a. = ROSEATE.
roseate a. पाटलवर्ण, गुलाबी; (ला०) रमणीय, मनोहर।
roseately adv. सोत्साह, आशापूर्वक, सहर्ष, खुशी-खुशी।
rosed a. टोंटीवाला; गुलाबी, लाल।
roseless a. पाटलशून्य, बिना गुलाबका; बिना

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

फुँदनेका ।

roselike a. पाटलवत्, गुलाब-सा ।

rosella a. रक्ताम्बालिका ।

rosemary n. केशवास, सहदेवी (एक सुगन्धित गुल्म-विशेष) ।

roseola n. चर्मदाह, चर्मप्रदाह, चर्मशोथ, चमड़ेकी सूजन ।

roset n. लाल रंग ।

rosette n. पाटलक, कृत्रिम पाटल पुष्प, बनावटी गुलाबका फूल; गुलाबके आकारका फुँदना; भित्तिपाटल, दीवालपर बना हुआ गुलाब; गुलाबके फूल-जैसी खिड़की; गुच्छ, गुच्छा; गुच्छाकार रचना, गुलाब-जैसा अवयव; गुलाब-जैसा रंग या चिह्न ।

rosetted a. पाटलालंकृत, कृत्रिम गुलाबसे अलंकृत, गुलाबसे सजा हुआ, गुलाबकी सजावटवाला ।

Rosicrucian[1] n. (१४८४ ई० में *Christian Rosenkreuz* द्वारा स्थापित) तान्त्रिक सम्प्रदायका सदस्य, रोजीक्रूसका अनुयायी ।

Rosicrucian[2] a. तान्त्रिक, रोजीक्रूसी ।

Rosicrucianism n. रोजीक्रूसवाद ।

rosin[1] n. = RESIN; उद्यास, गन्धराल; धूप, राल, धूना, रोजिन;
~ compound, ~ oil, ~ plant, ~ spirit.

rosin[2] v.t. गन्धराल लगाना, राल लगाना, धूना लगाना या मलना ।

Rosinante, Rozinante nn. सड़ियल टट्टू, मरियल घोड़ा ।

rosinate a. उद्यासीय, रालयुक्त ।

rosiness n. ललाई, सुर्खी, गुलाबीपन; उत्साह, प्रसन्नता, आशामयता ।

rosiny a. उद्यासमय, रोजनतुल्य, रोजनगर्त, रालभरा, राल-जैसा, धूना-सा ।

rosmarine n. = ROSEMARY.

rosolio n. विलायती शरबत ।

ross[1] n. तनेका पपड़ीला तल, छाल ।

ross[2] v. (तनेसे) पपड़ी या छाल साफ करना ।

rosser n. पपड़ी साफ करनेवाला श्रमिक, छाल उतारनेवाली मशीन ।

rossignol n. कोकिला, कोयल ।

roster n. समय-सूची, कार्यक्रम-सूची, कार्यक्रमावली, क्रमिका, कृत्यावली, नामावली, तालिका ।

rostral १. n. तुण्डास्थि; २. a. मंचीय; तुण्डीय, तुण्डवत्, चोंच-जैसा ।

rostrate, -ed aa. सतुण्ड, चंचु-विशिष्ट, चोंचदार, टोंटदार ।

rostratus a. चंचुकित, चोंच-जैसा ।

rostriferous a. = ROSTRATE.

rostriform a. तुण्डाकार, चंचु-सदृश, चोंच-जैसा ।

rostroid a. चंचुवत्, चंचु-सदृश, चोंच-जैसा, टोंट-जैसा ।

rostrum n. (pl. *ums, -a*) व्याख्यानपीठ, भाषण-मंच, सार्वजनिक मंच, मंच, चौकी; (रोमन पुरा०) युद्धनौका, युद्धपोतका अग्रभाग; (जन्तुवि०, कृमिवि०, वन०) चंचु, तुण्ड, चोंच; थुथनी, चोंच-जैसा मुँह ।

rosulate a. पाटलगुच्छित (~ *leaves*) ।

rosy a. पाटलवर्ण, रक्त, अरुण, लाल, गुलाबी; (अव क्व०) गुलाबकी-सी सुगन्धवाला; पाटलापूरित, पाटलाच्छादित, गुलाबोंसे ढँका हुआ, गुलाबोंसे भरा हुआ ।

rot[1] n. क्षय, अपक्षय, अपक्षयण, पूयन, नाश, ह्रास, गलन, सड़न; दुर्गन्धि, सड़ान्ध; (भेड़ोंका) हृदयरोग; (आलुओंकी) बीमारी; कूड़ा, कचरा; निरर्थक कथन, बेकारकी बात (*don't talk* ~) ।

rot[2] v.t. & i. अपक्षय होना, विकृत होना, नष्ट होना, गलित होना, गलना, सड़ना, घुन लग जाना; (ला० समाज या संस्थाओंका) नष्टभ्रष्ट हो जाना, टूट जाना; (कैदीका) पड़े-पड़े घुलना; गलित करना, गलाना, पचाना, सड़ा डालना; (ग्रा०) खेल बिगाड़ना, मजा किरकिरा करना; (ग्रा०) सताना, तंग करना, मजाक बनाना, छेड़ना; व्यंग्यपूर्वक बोलना; ~ *off* तनेसे सड़कर गिर जाना ।

rota n. कार्यक्रम-तालिका, व्यक्तियोंकी सूची; (रोमन कैथो० चर्चमें R~) धार्मिक न्यायालय, अनुक्रम ।

rotameter n. चक्रमान ।

rotaplane n. उत्पतनशील यन्त्र, चक्रविमान ।

Rotarian a. & n. चक्रिल गोष्ठीका (सदस्य), रोटरी-क्लबका (मेम्बर) ।

rotarianism n. रोटरीवाद, रोटरीके सदस्योंका सिद्धान्त ।

rotary[1] n. घूर्णक, चक्रिल कल, परिभ्रामी यन्त्र, रोटरी मशीन; (The) R~, R~ Club(s) गोष्ठी चक्र, रोटरी क्लब ।

rotary[2] a. घूर्णी, भ्रामी, चक्रिल, चक्रावर्ती, चक्रगति, परिभ्रामी, भ्राम्यमान, आवर्तमान, घूर्णमान, घूम-घूमकर चलनेवाला, रोटरी (~ *furnace, motion*) ।

rotatable a. भ्रमत्; भ्राम्यमान, घूर्णमान, चक्रिल, घूमने योग्य, घुमाने योग्य ।

rotate[1] v. i. & t. घूर्णित करना, घूर्णमान होना, प्रत्यावर्तित करना, परिक्रमा करना, चक्कर लगाना, घूमना; बारी-बारीसे व्यवस्थित करना, लेना, आना, करना ।

rotate[2] a. (वन०) चक्राकार, चक्रिल ।

rotating[1] n. घूर्णन, परिभ्रमण ।

rotating[2] a. घूर्णक-, घूर्णिल, घूर्णमान, परिभ्रामी (~ *coil*); आवर्ती (~ *director*) ।

rotation n. घूर्णन, परिक्रमण, परिभ्रमण, भ्रान्ति, चक्रावर्तन, घुमाव, फेरा, घूम; परिवृत्ति, परिवर्त, आवर्तन, क्रमशः आगमन, नियमित कालपर बारी-बारीसे होनेकी क्रिया; चक्रानुक्रम, चक्रगति, क्रम, बारी; क्रमिक अधिकार-ग्रहण ।

rotational a. घूर्णीय, घूर्णनात्मक, आवर्ती, चक्रावर्तन-सम्बन्धी, चक्रक्रमयुक्त, परिभ्रमण-, परिभ्रमणकृत

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(~ *motion*)।

rotative a. घूर्णक, घूर्णमान, भ्रमत्-, भ्राम्यमान, परिभ्रामी, चक्रित, घूमनेवाला; बारी-बारीसे होनेवाला।

rotator n. (श० र० शा०) घूर्णक, परिभ्रमित्र, घुमानेवाली (मांसपेशी); घूर्णक अभिकरण, घूर्णक यन्त्र, घुमानेवाला कल या पुर्जा।

rotatory a. = ROTATIVE (~ *power*)।

rotch(e) n. ऑकपक्षी।

rote n. (बिना अर्थ समझे हुए) शब्दव्यवहार, शब्द-प्रयोग, शब्दावृत्ति, तोतेकी-सी रट, रटा, घोंटा।

rotiform a. चक्रिल, चक्राकार, चक्र-सदृश, चक्र-जैसा चक्करदार।

rotograph n. (हस्तलिखित प्रतिका फोटोग्राफ), रोटोग्राफ।

rotor n. (कलका) परिभ्रमित्र, घूर्णक यन्त्र, घूमनेवाला पुर्जा; (हैलीकोप्टरके ऊपरका) घूर्णमान पंख।

rotten a. विगलित, दुर्गन्धपूर्ण, पूतिमय, बदबूदार सड़ता हुआ, गला-सड़ा (~ *egg*); जीर्ण-शीर्ण, ह्रासशील (~ *borough*); (भेड़) यकृत् रोगग्रस्त; नष्ट-भ्रष्ट, अव्यवस्थित, भ्रष्टाचारग्रस्त, खराब, बर्बाद; दूषित, अयोग्य, निकम्मा, नाकारा, बेकार, रद्दी; (वस्तुस्थिति, योजना आदि) अप्रिय, अरुचिकर, दुःखद, अनुपयुक्त, कुविचारपूर्ण, नामाकूल; अविश्वस्य, अविश्वस्त, विश्वासघातक; ~-stone (धातुको साफ करनेमें प्रयुक्त) एक प्रकारका खराब चूना-पत्थर।

rottenness n. जीर्ण-शीर्णता, ह्रासशीलता, गलितावस्था, सड़ी-गली हालतः दुर्गन्धि, सड़ान्ध, गन्दगी; भ्रष्टाचार, खराबी; अयोग्यता, निकम्मापन, रद्दीपन; कुविचारपूर्णता; अविश्वस्यता, अविश्वस्तता, विश्वासघातकता।

rotter n. (ग्रा०) निष्क्रिय व्यक्ति, अनैतिक व्यक्ति, जघन्य व्यक्ति, अपमानित मनुष्य, नीच आदमी, निकम्मा या बेकार आदमी नामाकूल आदमी।

rotund a. वृत्ताकार, वर्तुल, गोलाकार, गोल; (बोलते समयका) गोलाकार (मुँह); (भाषण) गोल मुँह बनाकर दिया गयाः मुखर, ध्वन्यात्मक, निनादी, वागाडम्बरपूर्ण, ठस्सेदार।

rotunda n. गोलाकार भवन, गुम्बदवाली इमारत, गोल मकान।

rotundate a. (क्व०) वर्तुल, वर्तुलाकार, कुण्डलाकार, गोलाकार, गोल।

rotundifolious a. गोलपर्ण, वर्तुलदल, गोल पत्तियोंवाला।

rotundity n. वर्तुलता, वलयाकृति, गोलाई; मुखरता, वागाडम्बरपूर्णता।

rouble n. (रूसी सिक्का) रूबल।

roucou n. सिन्दूरक (पेड़)।

roue n. लम्पट, कामुक, विलासी, वेश्यागामी, बदमाश।

rouge[1] n. (फुटबालमें) खिलाड़ियोंकी भिड़न्त; (ईटन फुटबालमें स्पर्शरेखाको छूनेका) विरोधीको मिलनेवाला अंक।

rouge[2] n. आकुंकुम, रक्तशृंगार-क्षोद, लाल बढ़िया पाउडर, सुर्खी, रूज; महावर; (धातुके बर्तनोंको साफ करनेमें प्रयुक्त) आक्साइड-चूर्ण, आक्साइड-पाउडर; जुएका एक खेल।

rouge[3] v.t. & i. रूज नामक पाउडर लगाना, रंगना।

rough[1] n. ऊबड़खाबड़ भूमि; संकटकाल; अशिष्टजन।

rough[2] v.t. (उलटी तरफ हाथ फेरकर) अनाजकी बालोंको खड़ा करना; (घोड़ेकी नालमें) लम्बी कीलें जड़ना; घोड़ेको निकालना; योजना बनाना; मोटी रूपरेखा बनाना, मोटे तौरपर आकृति बनाना; (प्यानोंका) सरसरी तौरपर सुर मिलाना; (रत्नों आदिको) जील-छालकर कुछ रूप देना, थोड़ा-बहुत तराशना।

rough[3]* a. उच्चावच, विषम, असम, ऊबड़-खाबड़, ऊँचा-नीचा (~ *ground*); लोमश, केशबहुल, बालदार (~-*legged*); खुरदरा*, खरखरा; कर्कश, कठोर, कड़ा, सख्त; क्षुब्ध, अशान्त, तरंगाकुल, उत्तुंगतरंगित, अस्वच्छ (~ *sea*); अपरिष्कृत, असंस्कृत, अशिष्ट, अनवहित, अनियन्त्रित, अमर्यादित, उद्धत (~ *handling, usage*); प्रचण्ड, उग्र, तेज, तूफानी; उद्दण्ड, ऊधमी, उच्छृंखल, कलहप्रिय, झगड़ालू, दंगई, फसादी; निष्ठुर, निर्दय, निर्मम, हृदयहीन, कठोर, रूक्ष, रूखा*; स्थूल, आरम्भिक, अपूर्ण, अनिष्पन्न, अधबना, भद्दा, भोंडा, अनगढ़, कच्चा (~ *draft*); थोड़ा-बहुत, लगभग सही; आदिम, प्राथमिक, शुरूका; अपटु, अनिपुण, अकुशल (~ *nursing*); ~-and-ready मामूली; ~-and-tumble अक्रम; ~ coat प्रथम लेप, (दीवारपर) पलस्तरकी पहली तह; ~ copy केवल आवश्यक वस्तुओंकी प्रतिलिपि, सरसरी नकल; चित्रकी स्थूल प्रतिछवि; ~-footed (पक्षी) परदार पंजोंवाला; ~-hew स्थूलवितक्षण, चौरस करना, ऐसे ही छीलना, मोटा-मोटा काट देना; ~-hewn अपरिष्कृत, बेडौल, भद्दा, भोंड़ा, खुरदराः ~ house[1] (ग्रा०) उपद्रव, शान्तिभंग, कलह, दंगा, झगड़ा-फसाद; कलहपूर्ण खेल, शोरगुलसे भरा तमाशा; धुड़दौड़; धुड़साल⊙; ~-house[2] v.t. & i. (किसी व्यक्तिके साथ) कठोरताका व्यवहार करना, मारपीट करना; उग्र आचरण करना, शान्तिभंग करना, झगड़ा मचाना या करना; ~-neck⊙ इत्वर, आवारा, ऊधमी, गुण्डा; ~-rider अश्वशिक्षक, घोड़ेको साधनेवाला; अनियमित अश्वारोही सैन्यका सैनिक, बेकायदा रिसालेका सवार; ~shod (घोड़ा) भद्दे नालवाला; उद्धत, अन्धाधुन्ध, जबरदस्ती; ~ tongue उद्दण्डता, अशिष्ट आचरण, कठोर भाषण, बदतमीजी, बदजबानी; ~ work प्रचण्डता, उग्रता, बलप्रयोग, लड़ाई; उग्र कार्य, बलापेक्षी कार्य, कड़ाईका काम; ~-wrought स्थूल, प्रारम्भिक, अपूर्ण, अधूरा; *give* one *a lick with* ~ *side of* one's *tongue* (किसीको) खूब जली-कटी सुनाना, अच्छी खबर लेना; *have a* ~ *time* कष्ट उठाना, मुसीबत उठाना; ~ one *up the wrong way* क्रुद्ध करना, खिजाना, खिजा देना, चिढ़ाना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

saboted a. खड़ाऊँदार, लकड़ीका जूता पहने हुए; लकड़ीके गोलेवाला; शामदार, शाम लगा हुआ।

saboteur n. अन्तर्ध्वंसक, अन्तर्ध्वंसी व्यक्ति, अन्तःक्षति पहुँचानेवाला, अन्दर ही अन्दर तोड़-फोड़ करनेवाला।

sabre १. n. कटार, कृपाण, वक्र खड्ग, वक्रासि, घुड़सवारकी टेढ़े फलकी तलवार, तेगा; (pl.) अश्वारोही-दल, घुड़सवारोंका दल, घुड़सवार और घोड़े, रिसाला (*had 300 ~s*); पिघला हुआ शीशा उतारनेका ताँबेका यन्त्र; २. v.t. वक्र खड्गसे काट डालना, तलवारसे काटना, तलवारसे घायल करना; ~-bill तीखी चोंचवाला एक पक्षी; ~-like कृपाण-सदृश; ~-toothed lion या tiger लम्बी टेढ़ी तलवारके आकारकी दाढ़ोंवाला शेर या चीता; ~-wing तीखे पंखोंवाला एक एक पक्षी।

sabretache n. (अश्वारोही सेनाके अधिकारीका) चर्मकोष, झोला, थैला।

sabreur n. अश्वसैनिक, अश्वारोही सैनिक।

sabulous a. बलुई, बालूदार, बजरीवाला।

saburra n. (मुँह या पेटका) फीकापन, खराबी; मवाद।

saburral a. (मुँह या पेट) फीका।

saburration n. सैकतस्नान, सिकतास्नान, बालुकास्नान, सैण्डबाथ।

sac n. हर्निया, रसौली, बतौरी आदिकी झिल्लीदार थैली; पशुओं या वनस्पतियोंमें पायी जानेवाली स्थाली; स्यून, आधान, कुप्पी, झोला, पुटक या थैली; कोश, गुहा।

saccade n. अचानक अश्वरोधन, लगामसे अचानक घोड़ा रोक देना।

saccate a. स्यूनाकार, झोला-जैसा, थैला-सा, झोलेके आकारका।

saccharic a. शर्करा-विषयक, शर्करा-सम्बन्धी, शर्करिक, शक्कर-सम्बन्धी; चीनीका; शर्करा-प्राप्त, शक्करसे प्राप्त, चीनीसे निकला हुआ।

saccharíferous a. शर्करोत्पादक, शर्करायुक्त, शक्करीला, चीनिया।

saccharification n. शर्करीकरण, स्टार्च (माँड़) की शर्करामें परिणति।

saccharify v.t. शर्करीकृत करना, स्टार्चको शर्करामें बदलना, शक्कर बनाना।

saccharimeter n. शर्करामान, शर्करामापक यन्त्र, शक्करीमीटर।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

saccharin(e) n. अलक्तराजान शर्करा, शर्करी, कोलतार-शक्कर, डामरसे प्राप्त अत्यन्त मीठा पदार्थ, सैकरीन (~ *juice*)।

saccharine a. शार्कर, शार्करिक, शर्करावत्, शर्करायुक्त, मधुर, मिष्ट।

saccharinity n. माधुर्य, मधुरता, मधुराई, मिठास, मीठापन।

saccharize v.t. शर्करा बनाना, शक्कर बना देना, चीनीके रूपमें बदल देना।

saccharoid a. शर्कराभ, दानेदार, चीनीके दाने-जैसा।

saccharo-meter n. शर्करामान; घनत्वमापी।

saccharo-metry n. शर्करामान, शर्करामिति; घनत्वमाप, घनत्वमिति।

saccharon n. खण्डधु, इक्षुशर्करा, गन्नेकी शक्कर, चीनी; खण्डधुवत् वस्तु, इक्षुशर्करावत् वस्तु; गन्नेकी शक्कर-जैसी चीज, चीनी-जैसी चीज।

saccharose n. = SUCROSE.

sacciform a. = SACCATE.

saccular a. कोशावत्, गुहा-सदृश; थैली-जैसा; हर्निया-जैसा, रसौली-जैसा, बतौरी-जैसा।

sacculate a. सकोशा, कोशायुक्त, गुहायुक्त; हर्निया-वाला, रसौलीदार, बतौरीदार।

sacculated a. स्यूनित, कोशा-भाजित, गुहा-विभक्त, गुहामें विभाजित; हर्निया-जैसा, रसौलीवाला, बतौरीकी बनावटका।

sacculation n. सकोशत्व, कोशायुक्तता, गुहायुक्तता; हर्नियायुक्तता, रसौलीदार होना, बतौरीदार होना।

saccule n. स्यून, लघु कोशा, क्षुद्र गुहा, छोटी गुहा; लघु हर्निया, छोटी रसौली, छोटी बतौरी।

sacellum n. वेदिकावत् खुली समाधि, मकबरा (एक अवितानित) वेदी।

sacerdocy, sacerdotage nn. = SACERDOTALISM.

sacerdotal a. याजकीय, पुरोहिती, पौरोहित्य-विषयक, पुरोहित-सम्बन्धी; ब्राह्मणवादी, पुरोहितवादसे सम्बन्धित।

sacerdotalism n. पुरोहितवाद, ब्राह्मणवाद, पुरोहिताई, पादरियत।

sacerdotalist n. पुरोहितवादी, ब्राह्मणवादी, पादरियतका समर्थक।

sacerdotalize v.t. पुरोहितीकरण करना, याजकीकरण करना; पवित्र बनाना; धर्मका स्वरूप देना, धार्मिक रंग चढ़ाना, मजहबी रंग देना।

sachem n. श्रेष्ठ व्यक्ति, प्रसिद्ध व्यक्ति, महापुरुष, बड़ा आदमी; अमरीकी इंडियन कबीलों (आदिवासियों-का) प्रधान या सरदार, सचम।

sachemship n. (अमरीकी, भारतीय) मुखिया-पद, चौधरप्पा, सरदारी।

sachet n. सुगन्धपुटक, सुगन्धकी थैली, खुशबूका बटुआ; शुष्क सुगन्धकी पुड़िया या पैकेट।

sack[1] १. n. स्यून, गोणी, सामानसे भरा बोरा, बोराभर; बोरा, बोरी, थैला, बोरिया, कोथला; (नापने या तौलनेकी इकाई रूप) झोला; कपड़ोंके ऊपर कन्धेपरसे लटकता हुआ रेशमी कपड़ा, दुपट्टा; (प्रा०) स्त्रियोंका एक प्रकारका ढीलाढाला लबादा, अँगरखा; (स्त्री या पुरुषका) ढीला-ढाला बड़ा कोट; २. v.t. बोरोंमें भरना, थैलोंमें भरना; (बोल०) प्रतियोगितामें पराजय देना, पराभूत करना, संघर्ष या मैचमें पराजित करना, हरा देना, मुकाबलेमें हराना; (बोल०) कार्यमुक्त कर देना, निकाल देना, नौकरीसे अलग कर देना, बरखास्त करना; लूटना, नष्टभ्रष्ट करना; ~cloth पाट या सनका कपड़ा, टाट; ~-race (गले तक बोरा पहनकर दौड़ना) बोरा दौड़; *get the* ~ पदच्युत किया जाना; कार्यमुक्त किया जाना, निकाल दिया जाना; *give* one *the* ~ पदच्युत करना, दर्जा घटा देना; कार्यमुक्त करना, नौकरीसे निकाल देना, अलग करना, बरखास्त करना; *to hold the* ~ खाली रहना।

sack[2] १. n. लुण्ठन, अपहार, अपहरण, (विजित या अधिकृत स्थानकी) लूटमार, लूटपाट; २. v.t. (विजयी सेना या उसके सेनापतिका नगर आदि) अपहरण करना, लूट करना, लूट लेना, लूटमार करना; (सेंध लगानेवालेके द्वारा) सामान ले भागना, भीतरकी सामग्री उड़ा या लूट ले जाना; ध्वंस करना, नष्ट करना, बर्बाद करना।

sack[3] n. (इति०) सफेद शराबकी किस्में; ~ *posset, whey* इस शराबसे युक्त पेय या मद्यपेय; *half-pennyworth of bread to intolerable deal of* ~ अनावश्यक वस्तुओंका व्यर्थका आधिक्य या अतिशयता, बेमतलबकी चीजोंकी बढ़ती।

sackage n. लूटमार, लूटपाट।

sackbut n. अलगोझा, तुरहीकी किस्मके एक बाजेका पुराना नाम।

sacker n. (विजय इत्यादिके बाद नगरका) अपहर्ता, लुटेरा, लूटपाट करनेवाला; बोरा बनानेवाला या भरनेवाला।

sackful n. बोराभर।

sacking[1] n. टाट, बोरा।

sacking[2] n. (ला०) शोकसूचक या प्रायश्चित्तद्योतक पोशाक, शोकसूचक वेषभूषा, मातमी लिबास या पहनावा।

sackless a. (प्रा०) निर्दोष, निरपराध, बेकसूर, बेगुनाह; चंचलचित्त, ढुलमुला; दुर्बलचित्त, निर्बलमन, सरल, सीधा, कमजोर।

sacque n. ढीला महिला-कोट, औरतोंका ढीला लबादा, सैक।

sacral a. (श० र० शा०) त्रैक, त्रिकास्थि-सम्बन्धी, पेड़ूकी हड्डीका; त्रिककीकस; (मानव०) पवित्र संस्कार-सम्बन्धी, कर्मकाण्डीय, कर्मकाण्ड-विषयक; कर्मकाण्डके लिए; ~ bone त्रिक, त्रिकास्थि।

sacrament १. n. ईसाइयोंका धार्मिक उत्सव, धर्मविधि या संस्कार (पूर्वीय, सुधारके पूर्व, पश्चिमी तथा रोमन-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

कैथॉलिक ईसाइयों द्वारा बपतिस्माके सात धर्मकृत्यों एवं प्रोटेस्टेण्टोंमें बपतिस्मा और प्रभुभोजनमात्रके लिए प्रयुक्त); पुनीत प्रतीक, पवित्र भाव, रहस्यपूर्ण एवं पवित्र महत्त्वकी वस्तु आदि; शपथ, पवित्र व्रत, प्रतिज्ञा या वचन, कसम, हलफ; २. v.t. प्रतिज्ञाबद्ध करना, वचनबद्ध करना, शपथसे बाँधना; *the ~, the ~ of the altar, the Blessed* or *Holy S~* प्रभुभोज।

sacramental १. n. धार्मिक संस्कारोंके अनुरूप कर्मकाण्ड; २. a. सांस्कारिक, संस्कार-सम्बन्धी, सस्काररूप, धर्मविधि-विषयक; संस्कारोंको अत्यधिक महत्त्व प्रदान करनेवाला; पुण्य (*~ wine*)।

sacramentalism n. संस्कारवाद, धर्मविधि-परायणता।

sacramentalist n. संस्कारवादी, धर्मविधिपोषक।

sacramentality n. सांस्कारिकता।

sacramentarian १. n. संस्कारी, संस्कारपोषक, संस्कारों एवं विधियोंमें आस्था रखनेवाला, धार्मिक सिद्धान्तवादी; २. a. (इति०, ईसाई) स्थितिका निषेधक, संस्कार-निषेधक, निषेधकर्ता या अस्वीकारक।

sacramentarianism n. सांस्कारिकता, संस्कारवादिता; धर्मविधि; निषेधकता, अस्वीकृतिवाद।

Sacramentary n. सैक्रामेण्टरी, (रोमीय चर्चकी एक प्राचीन प्रार्थना-पुस्तक)।

sacrarium n. वेदिका, वेदी; वेदी और वेदीके डण्डोंकी बीचकी जगह।

sacred a. पूत, पुनीत, पवित्र, परम, शुचि, पुण्य, शुद्ध; पुण्यीकृत, धार्मिक (*~ book, writing*); देवार्पित, अर्पित, समर्पित, पूजार्ह, देवप्रिय, प्रदत्त, परिरक्षित, परमार्थित, पवित्रकार्योपयोगी, पवित्रकर्मार्थक; किसी देवतासे सम्बन्धित (*~ monkey*); परम्परागत, परम्परानुमोदित, परम्परानुकूल; धार्मिक, धर्माश्रित, धर्मापेक्षित, धर्मरक्षित, धर्मवांछित; समादृत, प्रतिष्ठित; अनतिक्रमणीय, अलंघ्य, अलंघनीय, अनुल्लंघनीय, दुर्धर्ष, अभेद्य, अपराजेय, अखण्डनीय; अव्यर्थ; अवध्य; पूज्य; ~ basil तुलसी; ~ concert संकीर्तन-मण्डली, धार्मिक संगीतकी मण्डली; ~ history धार्मिक इतिहास, बाइबिलमें वर्णित इतिहास; ~ music भजन-कीर्तन; ~ number धार्मिक प्रतीकवादसे सम्बन्धित संख्या अर्थात् ७; ~ thread यज्ञोपवीत, जनेऊ।

sacredness n. शुचिता, पवित्रता; धार्मिकता; परम्परानुकूलता; समादृतता, प्रतिष्ठा; अलंघ्यता, अनुल्लंघनीयता; परम्परानुकूलता।

sacrificant n. उत्सर्गी व्यक्ति, त्यागी पुरुष, परित्यागी पुरुष, बलिदानी पुरुष, कुरबानी करनेवाला आदमी।

sacrifice १. n. मनुष्य या पशुकी बलि, बलिदान, कुरबानी; उत्सर्ग, त्याग, परित्याग, समर्पण; मेध, याग, यज्ञ, हवन, होम; स्वार्थत्याग; नैवेद्य, उपहार, भेंट, कुरबानीका जीव; परित्यक्त वस्तु, समर्पित पदार्थ, दान, हव्य, बलि; (ला०) स्तवन, निवेदन, आत्मनिवेदन, वन्दना, प्रार्थना; साधुवाद, धन्यवाद, कृतज्ञताज्ञापन; अनुताप, पश्चात्ताप-प्रदर्शन, प्रायश्चित्त; (धर्म०) प्रभुभोज, प्रभुभोजन; क्रूसारोहण; प्रायश्चित्तके रूपमें ईसाका शरीर और रक्तका बलिदान; क्षति, हानि, नुकसान (*surplus stock for sale at a large ~*); २. v.t. & i. बलि चढ़ाना, वध करना, कुरबान करना; उत्सर्ग करना, अर्पित करना, समर्पित करना, प्रदान करना, बलिदान करना, भेंट करना, भेंट देना (*has ~d herself*); त्याग करना, छोड़ देना, जाने देना; कम महत्त्वका आँकना, हीन समझना, गौण समझना, छोटा समझना, घटिया जानना; तल्लीन हो जाना, लगा देना; निरपेक्ष होना, तटस्थ होना, उदास हो जाना, अपनेको अलग रखना; self-~ आत्मोत्सर्ग, आत्मबलिदान; *the great* or *last ~* युद्धमें देशके लिए मृत्यु, जीवनदान।

sacrificer n. उत्सृष्टा, त्यागी, परित्यागी, बलिदानी, कुरबानी करनेवाला; यजमान, याजक, याज्ञिक, होता।

sacrificial a. बलि-सम्बन्धी, बलिदान-विषयक, कुरबानीका; उत्सर्ग या परित्याग-सम्बन्धी, बलिदान-विषयक, त्याग-सम्बन्धी; यज्ञीय, यज्ञ-विषयक, यज्ञ-सम्बन्धी; हवनका, होमका।

sacrilege n. पुण्यस्थानदूषण, देवालयका अपव्यवहार, पवित्र भवनका अपवित्रीकरण; देवस्व-अपहरण, मन्दिरकी चोरी, धर्मस्थानकी लूट या डाका; धर्ममर्यादातिक्रम, मर्यादाभंग, धर्मविप्लव, धर्मोल्लंघन; धार्मिक व्यक्ति या वस्तुपर अत्याचार या उपद्रव, बलात्कार।

sacrilegious a. अपवित्र, भ्रष्ट, पापी, देवस्वापहारी, मन्दिरापहारक, देवद्रोही, अधर्मी, पवित्र स्थानको लूटने और अपवित्र करनेवाला; धर्मोल्लंघनकारी।

sacrilegiousness n. अपवित्रता, पापिता, देवस्वापहारिता, मदिरापहारकता, देवद्रोहिता, अधर्मता, धर्मोल्लंघन, धर्मभंग।

sacrilegist n. (क०) देवस्वापहरणकर्ता, मन्दिरापहारी, अत्याचारी, मन्दिरको अपवित्र करने और लूटनेवाला; धर्मोल्लंघक, अधर्मी।

sacring n. (प्रा०) ईसाई धर्माध्यक्ष या सम्राट्का अभिषेक, प्रतिष्ठापन, याजक-नियुक्ति, राजा और विशपका पदारोहण समारोह; ~-bell ईसाई धर्ममें अभिषेकके समय बजायी जानेवाली घण्टी।

sacrist n. गिर्जा-भण्डारी, पूजागृह अथवा गिरजाघरके पवित्र पात्रों आदिको रखनेवाला कर्मचारी।

sacristan n. (प्रा०) देवालय-भृत्य, गिरजाघरकी देखरेख करनेवाला, गिरजाघरका निम्न श्रेणीका कर्मचारी।

sacristy n. गिरजाघरका भण्डार, गिरजाघरका कपड़े तथा बर्तन आदि सामान रखनेका गोदाम।

sacrosanct a. अति पवित्र, पावन; (अत्याचार या बलात्कारसे) धार्मिक नियम या आज्ञा द्वारा रक्षित।

sacrosanctity n. अतिपवित्रता; (अत्याचार या बलात्कारसे) धार्मिक नियम या आज्ञा द्वारा रक्षा; अलंघ्यता, अनुल्लंघनीयता।

sacrum n. त्रिकास्थि, पेड़ूके पिछले भागकी पसली।

sacrumal a. त्रिकास्थिक, त्रिकास्थि-सम्बन्धी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

sad* a. शोकार्त, शोकाकुल, विमनस्क, दुःखी, खिन्न, अवसन्न, विषण्ण, म्लान, शोकाकुल, उद्विग्न, उदासीन, दुःखित, उदास*, भारी, गमगीन; कष्टप्रद, दुःखद, खेदजनक, विषादसूचक, शोकसूचक, शोकावह, खिन्नतायोतक, क्लेशकर; शोचनीय, (अप०, प्रायः हास्य०) अवसादकारी, भीषण, घातक, धक्का देनेवाला, चोट पहुँचानेवाला; कुत्सित, बहुत ही बुरा, बिलकुल खराब; संशोधनातीत, असंशोध्य (*is a ~ slut, coward*); मोटा, भारी (*~ bread*); (रंग) धीमा, हलका, धुँधला, फीका, मद्धिम, उड़ा-उड़ा-सा; *~ dog* दुश्चरित्र व्यक्ति, दुष्ट, लम्पट, आवारा आदमी; *~-iron* खोखला चपटा लोहा; *a ~der and a wiser man* जीवनके कष्टप्रद अनुभवोंसे युक्त मनुष्य, ठोकर खाकर सीखा हुआ व्यक्ति; *in ~ earnest* गम्भीरतापूर्वक, गम्भीरतासे, संजीदगीसे।

sadden v.t. & i. विषण्ण होना, शोकार्त होना, दुःखी होना; चिन्तित करना, दुःखित करना, शोकार्त करना।

saddish a. अन्यमनस्क, चिन्तित-सा, खिन्न-सा, दुःखी-सा, उदास-सा, कुछ-कुछ उदास।

saddle १. n. पर्याण, पल्याण, काठी, जीन; पैरगाड़ी या खेतीकी मशीनकी गद्दी; काठीके आकारकी कोई चीज, काठी-जैसी चीज; बम्बूकार्टके घोड़ेके साजका एक भाग; २. v.t. घोड़ेपर काठी रखना, जीन कसना, जीन लादना; उत्तरदायित्व सौंपना, कार्यभार देना, मत्थे मढ़ना, सिर थोपना, भार रखना, बोझ लादना, जिम्मेदारी डालना; *~back* जीनदार छत, काठी-जैसी छत; चिड़िया या मछलीकी जाति; *~backed* काठीदार पीठवाला; (स्था०) काठीनुमा छतवाला, जीनजैसी छतवाला; *~-bag* खुर्जी, कुर्सियोंके काम आनेवाला एक प्रकारका कालीन; *~-cloth* काठीके नीचे घोड़ेकी पीठपर रखा जानेवाला कपड़ा; *~ fast* जमकर बैठा हुआ, जीनपर अच्छी तरहसे बैठा हुआ; *~-horse* वाहाश्व, सवारीके लिए काठीदार घोड़ा; *~-pack* पालान, खोगीर; side *~* जनाना जीन; *~tree* काठीका ढाँचा, (उत्तरी अमरीकाका) बेला; *in the ~* आरूढ़, चढ़ा हुआ, सवार; (ला०) पदारूढ़, अधिकारप्राप्त, अधिकारी, पदाधिकारी; *put ~ on right horse* अपराधीको दोष देना, दोषीको पकड़ना; *put ~ on wrong horse* निरपराधीको फँसाना;

~ fungus, ~ gall, ~ joint, ~ key, ~ pin, ~ plate.

saddleless n. बेकाठी, बेजीन।

saddler n. पर्याणकार, जीनसाज, साज बनानेवाला या बेचनेवाला; (सेना०) रिसालेकी काठियोंका प्रबन्धक अधिकारी, जीन अफसर।

saddlery n. पर्याणकारिता, साजगीरी, जीनगीरी, जीनसाजी।

Sadducean a. यहूदी-सम्प्रदाय सम्बन्धी, यहूदी, (यहूदियोंके) सदूसी-मत-सम्बन्धी।

Sadhu n. साधु।

sadism n. क्रूरतापूर्ण सम्भोग, सम्भोग-सम्बन्धी अपप्रयोग, क्रूर मैथुन।

sadist n. क्रूरसम्भोगी।

sadistic a. क्रूरसम्भोग-सम्बन्धी।

sadness n. विषाद, अवसाद, शोकाकुलता, उदासीनता, औदासीन्य, दुःख, चिन्ता, खेद, म्लानता, म्लानि, खिन्नता, अफसोस, मलाल, गम, रंज, रंजीदगी, गमगीनी; गम्भीरता।

safari n. आखेटयात्रा, शिकारका सफर; यात्रियोंका दल, यात्री खिलाड़ियोंका कारवाँ, बन्दगाड़ी।

safe[1] n. सुरक्ष, (बहुमूल्य वस्तुओंको रखनेकी) तिजोरी; डोली, सामान रखनेके लिए हवादार आलमारी, सेफ।

safe[2]* १. a. सुरक्षित*, निरापद, निर्विघ्न, भयातीत, अभय, भयमुक्त, संकटहीन, संकटमुक्त, खतरेसे खाली (*now we are ~*); निर्व्रण, अक्षत, सकुशल, बेखटका (*parcel came ~*); रक्षित, ससुरक्षापूर्ण, क्षेम्य, जोखिमसे खाली (*put it in a ~ place*); निर्दोष, भरा पूरा, भला-चंगा (*~ water*); सही-सलामत (*have got him ~*); असाहसिक, दुःसाहसरहित; सतर्क, चेतन, दूरदर्शी, परिणामदर्शी, सावधान, चौकस, होशियार; विश्वसनीय, असन्दिग्ध, निश्शंक, निश्चित, विश्वस्त, सच, सच्चा, सही, पक्का, पूरा, यकीनी (*~ methods*); गण्यमान, गणनीय; मध्यम, मिताचारी, शान्त, नर्म, साधारण; २. v.t. रक्षा करना, रक्षित करना, सुरक्षित रखना, बचाना; *~ conduct* रक्षावचन, सुरक्षादान; अभयदान, अभयपत्र, निर्विघ्न गमनार्थ अधिकार और प्रमाणपत्र; *~ convoy, ~ custody, ~guard* रक्षार्थ पूर्वोपाय, सुरक्षण, संत्राण, अभिरक्षा, आड़, अनुकूल परिस्थिति; अभयपत्र, रक्षाकवच; *~ keeping* सुरक्षण, अभिरक्षा, अभय, संरक्षण, सुरक्षा; *~ pledge* पर्याप्त प्रतिभू;

~ berth, ~ coast, ~ deposit, ~ distance, ~ period, ~ port, ~ temperature.

safeness n. सुरक्षा, शान्ति; सतर्कता, सावधानी, चौकसी; विश्वस्तता, निश्चितता, सन्देहहीनता; मिताचार; असाहसिकता; एतबार, यकीन।

safety n. सुरक्षा, सुरक्षितता, कुशल, कुशलता, क्षेम, रक्षण, रक्षा, शान्ति, विश्वसनीयता, निर्विघ्नता, आपद्मुक्ति, भयमुक्ति, निर्भयता, अभय, बचाव, अमन, हिफाजत, सलामती (*there is ~ in numbers*); रक्षापूर्णता, संकटाभाव, संकटमुक्ति, निर्विघ्नता, बाधाहीनता; सतर्कता, सावधानी, चौकसी; (*~ bolt* के भी अर्थोंमें) बन्दूकको बन्द करनेका घोड़ा, बोल्ट; (*~bicycle* के भी अर्थोंमें) नीची गद्दीकी साइकिल; *~ curtain* रक्षायवनिका, रंगमंचकी दाहनिवारक यवनिका, आगसे बचानेवाला पर्दा; *~ fuse* (विद्यु०) ज्वलनरोधक पलीता; रक्ष-ज्वाल, बचावका पलीता, दूरसे जलाया जानेवाला पलीता; *~-pin* बकसुआ; *~-plug* सुरक्षा डाट; *~ razor* सुरक्षा-क्षुर, उस्तरा जिससे खाल न कटे; *~-valve* (ला०) हृदयके उद्वेगके निकलनेका सहज

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

मार्ग; अभय कपाट, भापका दबाव अधिक हो जानेपर स्वयं खुल जानेवाला इंजनका डट्टा; *sit on the ~-valve* दमनकी नीति चलाना, मुँह बन्द करना, दबाना, चूँ न करने देना;

~-arch, ~ belt, ~ bicycle, ~ bolt, ~ cartridges, ~ catches, ~ funnel, ~ fuse wire, ~ glasses, ~ inkpot, ~ lamp, ~-light, ~-lock, ~ match, ~ measures, ~ plug, ~ sidings, ~ tube, ~ vault, ~ zone.

saffian n. (चमकदार) अजा-चर्म, मेष-चर्म, बकरी या भेड़का चमड़ा।

safflor, safflower nn. केश, कुसुम्भ, महारजन, जाफरान (*~ oil, seed*)।

saffron १. n. कुकुम, केशर, केसर, जाफरान; केसरी रंग; २. v.t. केशरसे रँगना, केशरकी तरह रँगना, जाफरानसे रँगना; ~-cake केसरवाला केक; केसरकी टिकिया; ~-coloured गाढ़पीतवर्णी, केसरिया, गहरे पीले रंगका; ३. a. कुंकुमवर्ण, केसरी।

saffrony a. केसरिया, जाफरानी।

safranin n. कुंकुमरस, कुंकुम-रंजक-द्रव्य, केशर-रंजक-द्रव्य, जाफरानी रंग।

safranine a. कुंकुमी, केसरी (*~ scarlet*)।

sag १. n. अधोगमन, बैठाव, धसकाव, डुबाव; अवनमन, लटकन, बल्ली आदिका झुकाव; झुकावके मध्य-बिन्दुसे दो स्तम्भोंके बीचकी सरल रेखाके बिन्दुतककी दूरी; आश्लथ, मूल्यपात, दामोंका घटाव, कमी; (नौवि०) वायुकी प्रतिकूल दिशाकी ओर झुकाव, झोल, मोड़, फिराव; २. v. i. भार या दबावके कारण बैठ जाना, नीचे आना, झुक जाना, धसकना; किसी चीजके बीचके भागका झुक आना, धसकाना; नीचेकी ओर मुड़ना, टेढ़ा पड़ जाना (*ceiling ~s*); एक ओरको झुक जाना, ढलकना, लटकना (*the gate ~s*); अवमज्जन करना, डूब जाना; (v.t.) नीचेको ढलकाना, झुकाना, (वाणि०) मूल्योंका गिरना, घटना, उतरना, कम होना; जहाजका मार्गसे हट जाना, फिर जाना।

saga n. (मध्ययुगीन आइसलैण्डीय या नार्वेका) गद्य-साहित्य; किसी वंश आदिके इतिहाससे सम्बन्धित पुस्तकमाला; (परिवर्तित) वीरगाथा, वीरतापूर्ण अथवा साहसिक कार्योंकी कथा।

sagacious a. मेधावी, तीक्ष्णबुद्धि, कुशाग्रबुद्धि, कुशाग्रमति, तीव्रबुद्धि, बुद्धिमान्, विदग्ध, विचक्षण, सूक्ष्मधी, दूरदर्शी, पारदर्शी, विवेकी, चतुर, व्युत्पन्नमति, चेतनमति, प्रगल्भ, पारखी, सयाना, समझदार, होशियार; अत्यधिक चतुर, समझदार, बहुत ज्यादा चौकन्ना (जानवर); चातुर्यपूर्ण, दूरदर्शितायुक्त, सूक्ष्म-दृष्टियुक्त, बुद्धिमत्तापूर्ण (योजनाएँ, कथन, बातें आदि)।

sagaciousness n. मेधाविता, तीक्ष्णबुद्धिता, कुशाग्र-बुद्धिता, कुशाग्रमतित्व, तीव्रबुद्धिता, बुद्धिमत्ता, विदग्धता, विचक्षणता, सूक्ष्मधीत्व, दूरदर्शिता, पारदर्शिता, विवेक, चातुर्य, प्रगल्भता, चतुराई, सयानापन, समझदारी, होशियारी।

sagacity n. सुमेधत्व, तीक्ष्ण बुद्धि, वैदग्ध्य, विचक्षणता, सूक्ष्म गति, सूक्ष्मदर्शन, चातुर्य, सयानापन, समझ, समझदारी, होशियारी।

sagamore n. = SACHEM.

sagan n. सेगन, (यहूदी पुरोहितका सहायक अधिकारी)।

sage[1] n. तुलसीबन्धु, भूरे हरे रंगकी पत्तियोंवाला सुगन्ध शाक, वनस्पति, सब्जी; ~-brush अमेरिकाके बंजर प्रदेशोंमें पाये जानेवाले खारी पौधोंकी जाति; ~-green उक्त वनस्पतिकी पत्तियोंका रंग; ~ tea सेजी पत्तियोंका औषधीय सत्त्व; *fool to others, to himself a ~* अपने मुँह मियाँ मिट्ठू।

sage[2] n. साधु, यति, महात्मा, सिद्ध पुरुष; बुध, तत्त्व-विद्, पण्डित, ज्ञानी; दार्शनिक, विचारक; आत्मज्ञ, ब्रह्मज्ञानी; महर्षि, ऋषि, मुनि; औलिया, शेख।

sage[3] a. धीमान्, प्राज्ञ, पण्डित, बुद्धिमान्, विचारवान्; ज्ञानी, बुद्धिपूर्ण, विचारयुक्त।

sagene[1] n. जालक, जाल।

sagene[2] n. सजीन, (७ फुटके बराबर एक रूसी पैमाना)।

sageness n. पाण्डित्य, प्राज्ञता, बुद्धिमत्ता, विचार-शीलता, चातुर्य, चतुराई; ऋषित्व, साधुपन।

saggar n. आपाक, आवा।

sagging n. आश्लथन, मूल्यावनयन, अवनमन।

Sagitta n. सप्तर्षि; s~ शरकृमि; नींव पत्थर; बाण।

sagittal a. शराकार, शराकृति, शरवत्, तीर-जैसा, बाण-सदृश, बान-जैसा (*~ axis*); बाण-सम्बन्धी, शर-सम्बन्धी, तीरवाला, बानका।

Sagittarius n. धनुस्, धनुर्धारी, धनूराशि, नक्षत्र-मण्डल एवं राशिचक्रका नवाँ नाम।

sagittary a. शर-सम्बन्धी, बाण-सम्बन्धी, तीरवाला, बानका।

sagittate, -ed aa. शराग्रवत्, बाणकी नोक-जैसा; तीक्ष्ण, तीखा, तेज।

sago n. (pl. *-s*) विकंगू, साबूदाना, सागू (*~ palm*)।

sagum n. (प्रा० रोमनोंका) सैन्यवस्त्रालंकार, सैनिक पहिनावा, सैगम।

sagy a. सेज वनस्पति-सम्बन्धी, सेजी, दे० SAG.

Saharan, Saharian, Saharic aa. सहारा-का, सहराई।

Sahib n. (भारत) भारतीयोंके द्वारा यूरोपीयोंका नाम, साहिब; आदरसूचक उपाधि, जी (*Jones ~*); (बोल०) सज्जन, बाबू।

sai n. सई बन्दर।

said SAY का भू० एवं भू० कृ० रूप, उक्त, कथित (*~ act, person*); the ~ पूर्वोक्त।

sail[1]* n. पोत, जलयान, जहाज; पोत-समूह, जहाजी बेड़ा (*a fleet of twenty ~s*); शीत, वातवस्त्र, नौवस्त्र, पाल*, बादबान (*hoist, lower, set, shorten, ~*) (नौवि० प्रा०; इति०) जहाजमें पाल

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

और रस्सियाँ बाँधनेवाला प्रमुख निम्न अधिकारी; जल-जन्तुओंकी स्पर्श-इन्द्रिय; सील मछलीका पीठपरका पंख, वाजू; पवनरोधक यन्त्र, हवाके बाँधनेकी कल, हवाई चक्कीके पंखोंसे बाँधे जानेवाले पहिये; (*wind-~* के भी अर्थोंमें) जहाजके डेक या खानके ऊपर हवा और रोशनीके लिए कुप्पीके आकारका वातायन; ~-arm पवनचक्कीका पंखा; ~ axle पवनचक्कीके पंखोंकी धुरी; ~-cloth पोतपट, शीतपट, पाल बनानेका कपड़ा; ~-fish पीठपरके बड़े पंखवाली मछलियाँ; *full ~* पूरी शक्तिसे; सभी पालोंको खोलकर; *set ~* पाल छोड़ देना, चल पड़ना; *strike ~* एक दम पाल गिरा देना; *take in ~* (ला०) अपनी महत्त्वाकांक्षाओंको संयत करना, उतावलीको कम करना; *take wind out of ~s* सहारा छीन लेना, बाहुबल छीन लेना; *under ~* पालोंके साथ खुलना, चल देना, छूटना, रवाना होना; ~ boat, ~-borne, ~-dotted, ~-drill, ~ flying, ~ maker, ~plane, ~-propelled, ~-room, ~-stretched, ~-winged.

sail[2] n. निर्दिष्ट अवधिकी समुद्री यात्रा (*is ten days' ~ from Plymouth*); जलयात्रा, समुद्री यात्रा, जहाजकी सैर, समुद्री सफर (*go for a ~*)।

sail[3] v.t. & i. पालोंको चढ़ाकर जलयात्रा करना, पालदार जहाजका चलना; पालोंके प्रयोगसे या इंजिनसे जहाजमें जलयात्रा करना, समुद्री यात्रा आरम्भ करना, पालदार नाव या स्टीमर चलाना, बसरी सफर करना (*we ~ next week*), समुद्रयात्रा करना, समुद्रकी सैर करना, जहाज चलाना; आकाशमें उड़ना, आसमानकी सैर करना; (पक्षी, बादल, चन्द्रमा आदिका) आकाशमें धीरे-धीरे उड़ना, चलना, घूमना; मन्थर गतिसे चलना, ठाठके साथ चलना, शानसे चलना; समुद्री यात्राको प्रतिबन्धमें लाना, जहाजरानीको नियन्त्रित करना; खिलौने या कागजकी नावको तैराना, पानीमें बहाना; *into ~* (ग्रा०) आक्रमण करना; आक्षेप करना, भर्त्सना करना, अपशब्द कहना, निन्दा करना, बुरा भला कहना; *~ close to* or *near the wind* लगभग पवनके प्रतिकूल चलना; (ला०) लगभग नियम भंग करना, नैतिक सिद्धान्त अथवा नियमके उल्लंघनके समीप आना।

sailable a. नाव्य, खेने योग्य, नाव चलाने योग्य।

sailed a. पालयुक्त, बादबानी।

sailer n. निर्दिष्ट गमनशक्तिवाला जलयान, जहाज (*fast, good, bad, ~*)।

sailing १. n. नौप्रस्थान, नौयात्रा (*~ instructions*); २. a. प्रस्थानकारी, यात्री (*~ vessel*); ~-master पोताधिकारी, जहाजका अफसर, जहाजरान; plain ~ (ला०) सुगम कार्य, सीधा-सादा काम, आसान बात।

sailless a. पालरहित, बेबादबान।

sailor n. पोतवाह, पोतचालक, नौवाह, नाविक, समुद्र-यायी, मल्लाह, खलासी, जहाजी आदमी; ~'s knot टाईकी एक विशेष प्रकारकी गाँठ; रक्तकषायमूल, एक पौधा।

sailoring n. नाविकका कार्य, मल्लाही।

sailorless a. नाविकहीन, बेमल्लाह।

sain v.t. दैवी शक्तिसे रक्षा करना, बचाना, जादूगरीसे अच्छा कर देना; आशीर्वाद देना, आशीष देना, दुआ देना; स्वस्तिकका चिह्न बनाना, क्रॉसका निशान बनाना, काटा लगाना।

sainfoin n. एक प्रकारकी छोटी घास।

saint १. n. दिवंगत, स्वर्गीय, कैलासवासी, देवलोकवासी (*departed ~*); (धार्मिक संस्कारों द्वारा घोषित) सिद्ध महात्मा, मुनि, सन्त, साधु पुरुष, पुण्यजन, दरवेश, सेण्ट; (वाइ० प्रा० और कुछ वर्तमान सम्प्रदायोंमें) अवतारी पुरुष, ईश्वरीय जन; धार्मिक पुरुष, सदाचारी जन, महान् पुण्यशील व्यक्ति; ईसाई-सम्प्रदायका सदस्य या सम्प्रदायका प्रवचनकर्ता; २. v.t. सन्तोंकी श्रेणीमें समाविष्ट करना, सन्तत्व प्रदान करना सिद्ध पुरुषोंमें गिनना, सिद्ध बनाना, महात्मा मानना, सिद्ध पुरुष समझना, सन्त मानना, साधु कहना; ३. a. धार्मिक, सिद्ध, साधु, पुण्य, दिव्य, अतिपवित्र, असाधारण पवित्रतावाला, स्वर्गमें उच्च पद तथा पृथ्वीपर सम्मान पाया हुआ, चर्च द्वारा अनुमोदित, ईसाईधर्मानुसार, सन्तत्वको प्राप्त (पुरुष)। ~'s-day किसी सन्तकी स्मृतिमें गिरजाघरका उत्सव; St. Andrews स्कॉटलैण्डके गिरजोंके प्रधान सन्त; St. Bernard dog *or* St. Bernard हॉस्पाइसके गिरजावासियों द्वारा ग्रेट सेण्ट बर्नार्ड दर्रेपर यात्रियोंकी सुरक्षाके लिए पाली हुई कुत्तोंकी एक जाति; St. Cecilia संगीतके प्रधान सन्त, संरक्षक सन्त; धर्म-गतिप्राप्त सिद्ध पुरुष; St. Elmo's fire प्रभागोलक; St. Helena निर्वासनस्थान, देशनिकालेकी जगह; St. Leger तीन सालकी उम्रके घोड़ोंकी दौड़; *would provoke, try the patience of, a ~* कठोर, अत्यधिक कटु, सन्तकी सहनशक्तिके बाहरका; *young ~s old devils* or *sinners* युवावस्थाकी साधुता अच्छी नहीं; सन्तोंके नामोंपर अनेक फूलपौधोंके नाम, जैसे—St. Agnes's flower, St. Anthony's nut, St. Barbara's cress, St. Barnaby's thistle, St. Bernard's lily, St. Bruno's lily, St. Catherine's flower, St. Dabeoc's heath, St. George's herb, St. James's wort, St. Mary's flower, St. Patrick's cabbage.

saintdom n. सन्ताधिकारक्षेत्र, वलीका इलाका।

sainted a. पूत, पावन, पवित्र; दिवंगत, स्वर्गीय, कैलास-वासी, देवलोकवासी।

sainthood n. ऋषित्व, साधुत्व, सन्तत्व।

saintlike a. ऋषिवत्, सन्ततुल्य, सिद्धपुरुषसदृश, साधु-सा।

saintliness n. ऋषितुल्यता, पुण्यात्मत्व, धर्मशीलता, पुण्यशीलता, पवित्रता, साधुता।

saintling n. सन्तक, छोटा सन्त, सधुक्कड़, पीरजादा।

saintly a. पुण्यशील, साधु, सन्तवत्, ऋषितुल्य,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

पुण्यात्मा, पवित्र, धर्मशील, महात्मा ।

saintship n. ऋषित्व, ऋषिका पद, सन्तका पद, वलीका दर्जा, सन्तई, महात्मापन ।

saith = SAYS.

Saiva n. शैव ।

sajene n. = SAGENE[2].

sake[1] n. निमित्त, हेतु, कारण, उद्देश्य, प्रयोजन, अभिप्राय, अर्थ, विचार, लिए, नाम, वजह, वास्ते, खातिर, लिहाज, ख्याल, मतलब, गर्ज; *for any* ~ किसी भी प्रयोजनसे, किसीके विचारसे; *for the children's* ~ बच्चोंके लिए; *for conscience* ~ धर्मके हेतु, सद्विचारके निमित्त, ईमानकी खातिर; *for God's* ~ भगवान्‌के नामपर, खुदाके लिए; *for my own* ~ *as well as yours* मेरे लिए और आपके लिए भी; *for old* ~*'s* ~ बीते हुए दिनोंकी यादमें; *he is persecuted for opinion's* ~ अपनी धारणाओंके कारण उसे कष्ट दिये जा रहे हैं ।

sake[2] n. चावलसे तैयार की हुई जापानी शराब ।

saker n. बाज पक्षी; एक प्राचीन प्रकारकी बन्दूक ।

saki n. (दक्षिण अमरीकी) बन्दर, साकी ।

sakia n. (उत्तरी अफ्रीकामें प्रयुक्त) रँहट ।

sal[1] n. (रसा०) लवण, नमक ।

sal[2], **saul** nn. श्याल, साल (की लकड़ी या पेड़) ।

salaam १. n. भारतीय मुसलमानोंमें नमस्कार करनेकी पद्धति, सलाम (जिसका अर्थ है 'शान्ति'); २. v.t. & i. प्रणाम करना, नमस्कार करना, सलाम करना ।

salability n. पण्यता, विक्रेयता, विक्रयशीलता, बिकाऊपन ।

salable a. पण्य, विक्रेय, विक्रय योग्य, बिक्रीके लायक, बिकाऊ; क्रेय, क्रेतव्य, खरीदने योग्य ।

salacious a. कामाविष्ट, कामग्रस्त, कामार्त, कामातुर, कामुक, कामान्ध, कामासक्त, कामजित, विषयी, कुव्यसनी, दुश्चरित्र, व्यभिचारी, भोगी, कामी, लम्पट, बदमाश, रण्डीबाज ।

salaciousness, salacity nn. कामातुरता, कामुकता, कामान्धता, कामासक्ति, विषयीपन, भोगेच्छा, मैथुनेच्छा, इन्द्रियासक्ति, वासना, कामातुरता, काम, बदमाशी ।

salad n. प्रशाक, कच्ची खाई जानेवाली तरकारियाँ; सलाद, (मछली, गोश्त, अण्डे आदिके साथ खाये जानेवाले कच्चे साग); रायता; ~-days अनुभवहीन यौवन, कच्ची उम्र; ~-dressing सलादका मसाला; ~-oil प्रशाक तैल, अच्छी किस्मका जैतूनका तैल ।

salade n. मध्ययुगीन शिरस्त्राण ।

salading n. शाक, सलाद का पौधा ।

salamander n. सरटक, छिपकली-जैसा रेंगनेवाला जन्तु, समन्दर; अग्निदेव, अग्निदेवता; अधिक गर्मी सहन करनेवाला व्यक्ति; वीर सैनिक, बहादुर सिपाही; (जन्तु०) पूँछवाले स्थल-जल-चर, पानी और जमीनपर रहनेवाले दुमदार जानवर; तेज गर्म लोहा, आमलेट तलनेवाला लोहेका तवा ।

salamandrian, salamandrine aa. अत्यधिक उष्ण, बहुत गर्म, जलता हुआ ।

salamandroid n. & a. रेंगनेवाले जन्तु-जैसा, समन्दर-जैसा ।

salame n. इटलीका लंगोचा, गुलमा, कुलचा ।

salariat n. वेतनभोगी वर्ग, तनख्वाह पानेवाले लोग ।

salaried a. वैतनिक, सवेतन, वेतनभोगी, वेतनग्राही, वेतनपानेवाला (~ *clerk*) ।

salary १. n. वेतन, संवेतन, वृत्ति, भृति, तनख्वाह (~ *bill, grant*); २. v.t. वेतन देना, तनख्वाह देना ।

sale n. पणन, विक्रय, विक्रयण, बिक्री, बेच, वै, फरोख्त; घोषविक्रय, नीलाम (*put up for* ~); बिक्रीकी रकम; (व्यापारकालके समाप्त होनेपर घटे हुए मूल्योंपर दूकानके रखे हुए सामानकी) जल्दीकी बिक्री; ~-ring नीलाममें बोली बोलनेवालोंका घेरा; ~sman विक्रयकार, विक्रेता, बेचनेवाला; छोटा दुकानदार; ~smanship विक्रयकला, दुकानदारी, बेचनेमें निपुणता; ~s tax बिक्रीकर; ~swoman विक्रेत्री, बेचनेवाली; ~-work चलाऊ काम; *on, for,* ~ बिकाऊ;

~ account, ~ certificate, ~-deed, ~ mark, ~ memorandum, ~ note, ~ notice, ~ paper, ~ platform, ~ power certification, ~ price, ~ proceeds, ~ proclamation, ~ register, ~ report, ~ room, ~s account, ~s basement, ~s book, ~s check, ~s clerk, ~s commission, ~s day-book, ~s depot, ~s guaranteed, ~s journal, ~s lady, ~s ledger, ~s people, ~s person, ~s resistance, ~s returns, ~s returns journal, ~s room, ~s tax officer, ~s tax rules, ~s transaction, ~s value, ~s warrant, ~s work, ~ value.

saleability n. विक्रेयता, बिकनेकी स्थिति, विक्रयशीलता, फरोख्त होनेकी योग्यता; आपण्यता, बाजारमें भेजे जानेकी अवस्था, बिकाऊपन ।

saleable a. विक्रेय, बेचने योग्य, बिकाऊ (~ *stock, variety*), फरोख्त करने योग्य; आपण्य, बाजारमें भेजने लायक ।

saleableness n. = SALEABILITY.

salebrosity n. वैषम्य, विषमता, उच्चावचता, असमता, असमतलता, ऊँचा-नीचापन, नाहमवारी ।

salebrous a. विषम, असम, उच्चावच, असमतल, ऊँचा-नीचा, नाहमवार ।

salep n. मण्डयास, सालम मिश्री, (एक प्रकारका पुष्टिकारक खाद्य) ।

saleratus ⊙ n. पोटाशका अशुद्ध बाईकार्बोनेट ।

Salic, Salique aa. मिस्रका; ~ law फ्रैंक जातिकी कानूनी पुस्तक; सैलिक; स्त्रियोंको राजसिंहासनके अधिकारसे वंचित करनेका नियम ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

salicaceous a. सरपत-विषयक, सरकण्डेका; वानीर-विषयक, बेंत-सम्बन्धी; सरपतप्रजातीय, सरपतप्रजाति-विषयक; वानीरप्रजातीय, वानीरप्रजाति-सम्बन्धी।

salicin n. नम्री, सलीसिन, (एक विशेष प्रकारके बेंतकी छालसे प्राप्त कड़ुवा रवादार पदार्थ)।

salicional, salicet nn. सैलिशॉनल, शहनाई (एक ८ फुटका वाद्ययन्त्र)।

salicyl n. नम्रल, सलीसिल, सलीसी तेजाबका सत्त्व।

salicylate १. n. नम्रलीय, सलीसी तेजाबका नमक; २. v.t. नम्रल बनाना, नम्रलिक अम्ल मिलाना, सफसाफी तेजाब मिलाना।

salicylic a. नाम्रलिक, सलीसा; ~ acid गठियामें दिया जानेवाला नम्रलिक अम्ल।

salicylism n. नम्रल-निर्माण, सलीसी तेजाब बनाना।

salicylize v.t. नम्रल बनाना, नम्रलिक अम्ल मिलाना, सलीसी तेजाब मिलाना।

salicylous a. नम्रलीय, नम्रलयुक्त, सफसाफीदार।

salience, -cy nn. उद्गमन, बहिर्गमन, उभार; प्रवाह, बहाव; उत्कृष्टता, सुस्पष्ट विशेषता; सुव्यक्तता, विचारणीयता, दर्शनीयता।

salient १. n. बाह्यसंकेतिक कोण, (दुर्गनिर्माणमें) बाहर निकला हुआ कोना; २. a. समुन्नत, बहिर्गामी, प्रलम्ब, प्रोच्छ्रित, उभरा हुआ, बाहर निकला हुआ; बाहरको संकेत करनेवाला; (पाण्डि०, हास्य०) प्रवाहिक, प्रवाही, धारावाहिक, प्रवाहित, बहता हुआ; नृत्यशील, नर्तित, नाचता हुआ या उछलता हुआ; उत्थित, उत्कृष्ट; प्रमुख, प्रधान, विशिष्ट, मुख्य (~ *features, points*); सुव्यक्त, प्रत्यक्ष, सुस्पष्ट, सुप्रकट, साफ; विचारणीय, महत्त्वपूर्ण, दर्शनीय, ध्यान देने योग्य।

saliferous a. (भूमिस्तर) क्षारीय, लवणोत्पादक, लवणपूर्ण, नमकदार।

salifiable a. अम्लेय, अम्लमिश्रणीय, अम्लके साथ मिलाकर नमक बनाने योग्य।

salification n. अम्लेयता, अम्लमिश्रणीयता, अम्लके साथ मिलाकर नमक बनानेकी स्थिति।

salify v.t. अम्ल मिलाकर नमक बनाना।

salimeter n. = SALINOMETER.

salina n. नमकका कारखाना।

saline १. n. क्षारीय तत्त्व, लवण, क्षार, खार, लावणिक पदार्थ; नमक और पानीका मिश्रण, घोल; खारी जुलाब; नमकका बर्तन या कारखाना; खारी झील, खारा सोता, खारी दलदल; २. a. (औषधियाँ) क्षारीय पदार्थोंके लवणोंसे युक्त, क्षारीय, लवणके गुणका, लवणमय, रासायनिक लवण-सम्बन्धी; (प्राकृतिक स्रोत, जल आदि) क्षारीय, लावणिक, लवणमय, लवणीय, नमकीन, खारा (~ *bath, soil, solution*)।

saline n. = SALINITY.

saliniferous a. लवणोत्पादक, लवणजनक, नमक पैदा करनेवाला।

salinity n. क्षारीयता, लवणता, लावणिकता, लवणयुक्तता, खारापन; लवण-मात्रा।

salinometer n. लवणमान, नमककी मात्रा जाननेका यन्त्र।

Salique n. दे० SALIC.

saliva n. लार, लाला, थूक, लुआब।

salivant a. & n. लालाकारी (औषध)।

salivary a. लाला-, लारयुक्त, लारवाला, थूकका (~ *gland*); ~ discharge लाला; ~ reflex लाला-प्रतिवर्त।

salivate v.t. & i. बहुत अधिक लारका निकलना, लार बहना; (अत्यधिक मात्रामें लार) उत्पन्न कर देना।

salivation n. लाला-स्रवण, लार-निस्सरण, अतिरिक्त लार-निर्गमन, लार बहना।

salivator n. लाला-निस्सारक वस्तु, अतिरिक्त लार-निस्सारक पदार्थ।

salle n. प्रशाल कक्ष, विशाल कक्ष, बड़ा कमरा, हाल।

sallenders n. pl. घोड़ोंका सूखा फोड़ा।

sallet n. मध्ययुगीन शिरस्त्राण, साले।

sallow[1] n. एक प्रकारका बेंतका पेड़; बेंतकी शाखा, लकड़ी।

sallow[2] १. n. पाण्डुरवर्ण, आपीतवर्ण, पीला रंग, बसन्ती रंग; २. v.t. & i. पाण्डुर होना, पीला होना; ३. a. पाण्डुर, विवर्ण, आपीत, पीत, हल्का पीला, बसन्ती; फीका (मनुष्यकी खाल, रूप-रंग आदि)।

sallowish a. आपाण्डुर, पीला-पीला, पीला-सा, पीलापन लिये हुए।

sallowness n. पाण्डुरता, हल्का पीलापन, पीलाहट, जर्दी।

sally[1] १. n. सहसा आक्रमण, धावा, झपट; भ्रमण, सैर; अग्रगामिता, अग्रगमन; सदाचारका उल्लंघन, पलायन, जिम्मेदारीसे भागना (क्वचित्); अकस्मात् ही कार्यारम्भ, एकदम कामकी शुरुआत; व्यंग्योक्ति, व्यंग्य, विनोदपूर्ण उक्ति, ठट्ठा, ठिठोल, हँसी, दिल्लगी, मजाक, फबती; हठात् बहिर्गमन, निष्क्रमण, निःसरण, निर्गम, निकास, उफान; २. v.t. दुर्गके भीतरसे घेरनेवाले शत्रु पर आक्रमण करना, धावा बोलना, टूट पड़ना, हल्ला बोलना, झपट पड़ना; यात्राके लिए जाना, घूमनेके लिए निकलना, सैर करनेको जाना, सफरपर जाना; प्रकाशित होना; (क्वचित्) अचानक ही निकल पड़ना, बाहर आना, निकलना; ~-port निर्गमद्वार, (दुर्गावरोधकोंपर आक्रमण करनेके लिए) दुर्गका गुप्तद्वार।

sally[2] n. घण्टेकी हिलती हुई स्थिति, घण्टेका पहला कम्पन; घण्टेकी रस्सीका ऊनसे बुना हुआ भाग; ~-hole घण्टा-छेद (जिसमेंसे घण्टेकी रस्सी जाती है)।

Sally[3] n. हजरत इब्राहीमकी पत्नी 'सारा'का प्रचलित नाम; ~ Lunn मीठा हलका केक।

salmagundi n. (गुणों, वस्तुओं, विषयों आदिका) समन्वय, सामान्य सम्मिश्रण, मेल, पँचमेल, खिचड़ी, घोलमाल; एक प्रकारका सालन या पँचन्ना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

salmi n. चिड़ियोंका मसालेदार मांस ।

salmon १. n. मृदुपक्षा, एक स्वादिष्ठ मछली, सामन; २. a. सामनके जैसे नारंगी रंगका; ~-coloured सामनकी खाल-जैसे नारंगी हलके गुलाबी रंगका; ~-ladder, -leap, -pass, -stair सामन मछलीको बाँध पार करने और धारामें चढ़नेके लिए सीढ़ियाँ या दूसरी राहें; ~ trout सामनसे मिलती-जुलती उत्तरी अमेरिकाकी मछली, ट्राउट ।

salmonoid n. & a. साभन-जैसी (मछली) ।

salon n. =SALOON; कोष्ठ, अतिथि-कक्ष, मिलनेका कमरा, ड्राइंगरूम ।

saloon n. सुकक्ष, शाल, बृहत् कक्ष या हॉल, सार्वजनिक स्थान या प्रदर्शनी आदिके उपयुक्त बड़ा कमरा, बैठक; सभा; बड़े वायुयानमें यात्रियोंका कक्ष, सैलून; जहाज या रेलपर प्रथम श्रेणीके या सभी यात्रियोंके लिए बड़ा डिब्बा, बड़ा केबिन; (~-*car* भी) अधियान, बढ़िया गाड़ी; सार्वजनिक कक्ष, सुकोष्ठ, प्रकोष्ठ या कमरा (*dancing, dining, sleeping,* ~); मधुशाला, मदिरालय, शराबखाना ⊙; ~-keeper ⊙ मधुशालाका मालिक; ~ pistol, rifle कक्षीय पिस्तौल या बन्दूक (जिससे निकटकी निशानेबाजीका अभ्यास किया जा सके) ।

saloop n. सालम मिश्रीसे मिला उष्ण पेय, सलूप ।

Salopian a. & n. श्रोपशायरका (निवासी); श्रूस्बरी स्कूलका (सदस्य) ।

salpicon n. सालपिकन (भरवाँ रोटी) ।

salpingitis n. अण्डाणु-नालशोथ ।

salpiglossis n. निवापपुष्प, उद्यानके लिए एक सुन्दर फूलोंवाला पौधा ।

salse n. कर्दम ज्वालामुखी, कीचड़का ज्वालामुख ।

salsify n. शुक्तिशाक, ब्रिटिश और यूरोपीय कचालू ।

salt* १. n. क्षार, लवण, नमक*, सोडियम क्लोराइड; तीक्ष्णता, कटुता, उत्तेजकता, तीव्रता, उग्र पीड़ा, दाहकता, कसक, डंक, चरपरापन, चटकीलापन, तेजी; व्युत्पन्न मति, वाग्विदग्धता, बुद्धि, हाजिरजवाबी (*talk full of* ~); (रसा०) आधारिक और अम्लमूलक यौगिक, पूर्ण या आंशिक हाइड्रोजनसे युक्त अम्ल; (प्रा०, रसा०) ठोस घुलनशील तथा अज्वलनशील स्वादिष्ठ पदार्थ (~ *of lemon*); समुद्रसे उबला हुआ दलदल; २. a. क्षारपूर्ण, लावणिक, लवणमय, लवणयुक्त, लवण-रक्षित, नमकदार, नमकीन, नमकसे भरा हुआ, नमकमें रखा हुआ, चटपटा, मसालेदार; खारा (आँसू); तीक्ष्ण, तीव्र, पैनी, तेज, चुभती हुई, लगती हुई (व्यंग्योक्ति); क्लेशप्रद, कष्टकारक, अरुचिकर, तीखी, तेज (मनोव्यथा); खारे दलदल या समुद्रमें उगे हुए, समुद्री (पौधे); अश्लील, अभद्र, लज्जाजनक, हल्का, फूहड़ (विनोद, कहानियाँ, मजाक); (प्रा०) अत्यधिक, बहुत ज्यादा, हदसे ज्यादा (मूल्य, दाम, माँग); कुशल पोतवाहक, अनुभवी नाविक, अभ्यस्त मल्लाह; (pl.) नदीमें ऊपरको समुद्र-जल-वेग, समुद्रके पानीका असाधारण चढ़ाव, बहाव; ३. v.t. नमक बनाना, नमकीन बनाना, नमक-मिर्च मिलाना, (शा० एवं ला०) (p.p.) चटपटा, नमक-मिर्च मिला हुआ; नमकके पानीमें या नमकके साथ सुरक्षित रखना, नमक लगाना; (सड़कपर जमी हुई बर्फको गलानेके लिए) नमक छिड़कना; (फोटोग्राफीके पेपरको) नमकके मिश्रण या नमकके घोलसे धोना; ~-cat (पथरी तथा मूत्र आदिके साथ मिला हुआ) नमकका डला; (कबूतरोंको परचानेके लिए रखा हुआ) लवण-पिण्ड; ~-cellar लवणपात्र, नमकदान, नमकदानी; (बोल०) स्त्रियोंकी हँसलीके ऊपरका गहरा गड्ढा; ~-glaze नमकका चिकना लेप या रोगन; ~-horse (नौवि० प्रा०) गायका नमकीन गोश्त; ~-lick लवण लेह, लेहभूमि, सैन्धवशिला; ~-pan लवण-कुण्ड, समुद्रके पासका गड्ढा, कड़ाही; ~-water समुद्रजल; आँसू, अश्रु; ~-water समुद्रीय, समुद्र-सम्बन्धी; समुद्र-वासी; ~-works लवणशाला; नमकका कारखाना; ~-wort लवणपादप, एक प्रकारका समुद्री पौधा; table ~ पीसा हुआ साफ नमक; *above the* ~ उच्चवर्गीय, उच्चश्रेणीमें, समवयस्कोंके बीच बैठकर भोजन करनेवाला; *am not made of* ~ नमकका बना हुआ तो हूँ नहीं (जो पानी बरसनेपर गल जाऊँगा); *anyone worth his* ~ दक्ष, योग्य, समर्थ; *below the* ~ निम्नवर्गीय, निम्नश्रेणीमें, नौकरोंमें बैठकर खानेवाला; *drop pinch of* ~ *on tail of* (चिड़ियों आदिको) पकड़ना, बाँध लेना; *eat* one's ~ आश्रित होना, अधीन होना, नमक खाना; किसीका अतिथि या मेहमान होना; *eat* ~ *with* अतिथि होना, मेहमान होना, साथमें नमक खाना; *is not worth his* ~ व्यर्थ, अनावश्यक, किसी योग्य नहीं; *in* ~ नमकीन, नमकके पानीमें डूबा हुआ, नमक लगाया हुआ; ~ *an account* (वाणि०, प्रा०) वस्तुओंका अधिक मूल्य लगाना, ज्यादा दाम लगाना; ~ *a mine,* बाहरकी कच्ची धातु लगाकर खानमें भर देना (ताकि खान भरपूर मालूम होने लगे); ~ *down money* or *stock* (प्रा०) छोड़ देना, टालमटोल करना, नापसन्द करना; ~ *the books* वास्तवसे अधिककी रसीदें दिखाना; *take with a grain of* ~ अत्युक्तिपूर्ण मानना, अतिशयोक्तिपूर्ण समझना, सन्दिग्ध मानना, अविश्वसपूर्ण समझना, अंशतः विश्वास करना, आंशिक रूपसे विश्वास करना, पूरा-पूरा न मानना; *talk full of* ~ नमक-मिर्च मिली बात; *the* ~ *of the earth* भद्रलोग, सन्तलोग, साधुजन, उपकारी जीव, वे मनुष्य अथवा लोक-वर्ग जिनके कारण संसार उत्तम है; *true to* one's ~ नमकहलाल, जिसका खाये उसीका गाये-बजाये;

~ advisory committee, ~ bath, ~ box, ~ cake, ~-crust, ~-cured, ~ duty, ~ earth, ~-edged, ~ experts committee, ~ factory, ~ grass, ~ house, ~ land, ~ marsh, ~ marsh mosquito, ~ marsh moth, ~ master, ~-mine, ~-money, ~ mouth, ~ pit, ~ preservative, ~ research committee, ~ revenue, ~ revenue officer,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ rice, ~ solution, ~ spoon, ~ spray, ~-shaker, ~ taste.

saltant[1] n. (प्राणिवि०) आकस्मिक विकसित रूप, एकाएक विकसित होकर परिवर्तित रूप।

saltant[2] a. प्रवल्गी, कुदक्कड़, कूदनेवाला, उछलनेवाला; नर्तक; नाचनेवाला; (दौत्य०) मुख्य, प्रमुख, प्रधान।

saltarello n. सालटरेलो (एक इटाली नृत्य)।

saltate v. i. उछलना, कूदना, नाचना।

saltation n. आकस्मिक परिवर्तन, गति, आन्दोलन, तपड़; प्रवल्गन, छलाँग, कूद, उछाल, नर्तन, कुलाँच, चौकड़ी, लाँघ, उछल-कूद, जम्प।

saltative a. प्रवल्गनशील, उछलनेवाला।

saltatory, saltatorial aa. आकस्मिक परिवर्तन-सम्बन्धी, आकस्मिक आन्दोलन-विषयक; प्रवल्गी, प्रवल्गीय, कूदनेवाला, उछलनेवाला (~ *evolution*); असन्तत (~ *relations*)।

salted n. लवणित, नमकीन (~ *fish*)।

salter n. नमकके कारखानेका श्रमिक, मजदूर; (मछली आदिमें) नमक मिलानेवाला आदमी; लवणोत्पादक, नमकका व्यापारी, नमक बनानेवाला, लोनिया।

saltern n. लवणालय, नमकका कारखाना, नोनसार; समुद्री जलको भापसे सुखानेके लिए तालाब, गड्ढा, पोखर।

saltigrade a. उत्पाती, उछलनेवाला।

saltine n. (अमरीकी) कुरकुरा नमकीन बिस्कुट, सालटाइन।

saltiness a. लावणिकता, चरपरापन, नमकीनी।

salting n. लवणन, निमकाई, नमकीन बनाना, नमक लगाना।

saltire n. (अग्र०) अग्रदूतका क्रास, गुणाका चिह्न; ~ wise अग्रदूतके गुणाके चिह्नकी भाँति।

saltish a. किंचित् लवणयुक्त, सलोना-सा, नमकीन-सा, खारा।

saltishness n. किंचिल्लवणयुक्तता, सलोना-सा होना, नमकीन-सा होना।

saltless a. लवणरहित, फीका, बेनमक।

saltness n. क्षारीयता, क्षारता, लवणत्व, लवणमयता, खारापन, नमकीनपन, नमकीनी।

saltpetre n. सुवर्चल, यवक्षार, शोरा; ~ rot (नयी और नम दीवालोंपर लगा हुआ) सफेद नोना, लोना, लोनी।

saltpetrous a. यवक्षारीय, यवक्षारयुक्त, जवाखारका, शोरेवाला।

salts n. नमकका पोखरा।

saltus n. भंजन, संक्रमण, मोड़, तोड़।

salty a. लावणिक, सलोना, नमकीन।

salubrious a. पथ्य, आरोग्यप्रद, आरोग्यवर्धक, स्वास्थ्यप्रद, स्वास्थ्यकर, स्वास्थ्यकारी; हितकर, अनुकूल, मुआफिक।

salubriousness n. = SALUBRITY.

salubrity n. पथ्यता; आरोग्यवर्धकता, स्वास्थ्यप्रदता, स्वास्थ्यकारिता; अनुकूलता।

Saluki n. अरबी कुत्ता, सलूकी।

salutariness n. आरोग्यवर्धकता, स्वास्थ्यप्रदता, स्वास्थ्यवर्धकता; पथ्यता; कल्याणप्रदता, क्षेमकरता, हितकरता, उपकारिता, उपयोगिता, लाभदायकता, फायदेमन्दी।

salutary a. (क्व०) आरोग्यवर्धक, स्वास्थ्यप्रद, स्वास्थ्यवर्धक; पथ्य; कल्याणप्रद, श्रेयस्कर, क्षेमकर, हितकर, हितकारी, उपकारी, उपयोगी, लाभदायक, फायदेमन्द, अच्छा।

salutation n. अभिवादन, नमस्कार, नमस्क्रिया, अभिवन्दन, प्रणाम, बन्दगी, सलाम।

salutational, salutatory aa. अभिवादन या प्रणाम-सम्बन्धी।

salute १. n. अभिवादन, अभिनन्दन, अभ्यर्थना, अभिवन्दन, प्रणाम, नमस्कार, सलाम; (सेना०, नौवि०) सैनिक अभिवादन, ध्वजप्रणाम, झण्डाभिवादन, तोपोंकी सलामी, फौजी अभिवादन (*a ~ of 7 guns was fired*); (शस्त्रक्रीड़ा, काममें लानेसे पहले शस्त्रकलाविदों द्वारा) संरक्षणकी औपचारिक क्रिया, सलामी पैतरा; स्वागत या भेंटके रूपमें दिया हुआ चुम्बन (प्रा० या हास्य०); २. v.t. & i. अभिवादन करना, अभिनन्दन करना, प्रणाम करना, नमस्ते करना, स्वागत करना, नमस्कार करना; (क्र०) सम्राट्के रूपमें सलाम करना, सलामी देना; (प्रा०) मिलने या बिछुड़नेपर (व्यक्तिके गाल या हाथका) चुम्बन लेना, चूमना; मुस्कान, शपथ, वचनवर्षा आदिसे सम्बोधन करना या मिलना, भेंट करना; कर्णगोचर होना, सुनाई पड़ना; दृष्टिगोचर होना, दिखाई देना, नजर आना; *take the* ~ अभिवादन ग्रहण करना, प्रणाम स्वीकार करना, सलाम लेना; *the* ~ अभिवादन करनेमें किसी सैनिक, नाविक, सिपाही आदिकी मुद्रा।

saluter n. अभिवादक, अभ्यर्थक, नमस्कर्ता, प्रणाम करनेवाला, सलाम करनेवाला।

salutiferous a. स्वास्थ्यकर, स्वास्थ्यवर्द्धक, स्वास्थ्यप्रद, सेहती।

salvability n. रक्षणीयता, बचाये जानेकी क्षमता।

salvable a. (जहाज या असबाब) संरक्षायोग्य, रक्षणीय, बचाने योग्य।

salvage १. n. भ्रंशोद्धार, आग इत्यादिसे सम्पत्तिकी रक्षा, नाशरक्षण, निस्तार, निस्तारण, उद्धार, बचाव; (डूबने या नष्ट होनेसे) बचायी हुई सम्पत्ति, सामग्री, सामान, माल-असबाब; डूबने या टूटनेसे जहाज या उसके सामानको बचानेका पारिश्रमिक, नाशरक्षण-शुल्क, मेहनताना, मजदूरी (~ *money*); रद्दी कागज या रद्दी धातुको इकट्ठा करना और प्रयोग करना; २. v.t. आग आदिसे सुरक्षित करना, उद्धार करना, नष्ट होनेसे जहाज या उसका असबाब बचाना;

~ corps, ~ fee, ~ loss, ~ service, ~ undertaking.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

salvarsan n. नेपदर्शतिक्ती, योनिव्याधि अथवा उपदंश रोगमें प्रयुक्त औषध-विशेष, सलवर्सन ।

salvation n. आत्माका रक्षण, परित्राण, रक्षा; निस्तार, मोक्ष, मुक्ति, निर्वाण, उद्धार, पापमुक्ति, परमगति, ऊर्ध्व-गति, छुटकारा, निजात; क्षति या संकट आदिसे संरक्षण, बचाव; परित्राता, संरक्षक, क्षति या संकट आदिसे बचानेवाला (*be the ~ of*); *find ~* धर्मग्रहण करना, धर्मपरिवर्तन कर लेना, शुद्ध हो जाना; (ह्यास्य०) ऐसा सूत्र ढूँढ़ निकालना जिसके द्वारा कोई अपने सिद्धान्तों आदिको छोड़नेका उपाय पा सके; S~ Army (धार्मिक पुनरुद्धारके सम्बन्धमें जनताके द्वारा बनायी गयी) मुक्तिसेना, मोक्षसेना, मुक्ति फौज ।

salvationism n. मुक्तिवाद, मोक्षवाद, ईसाई धर्मका उद्धारवाद ।

salvationist n. मुक्तिवादी, मोक्षवादी, ईसाई पाप-निस्तारवादी ।

salve १. n. अनुलेप, मलहम, मरहम; तारकोल और चर्बीका लेप; क्लेशमयी भावनाओंको शान्ति देनेवाला, व्याकुल चित्तको धैर्य बँधानेवाला (पदार्थ); (प्रा०) दोषको कम करनेवाला और विषमताको हटानेवाला; २. v.t. घावोंपर मरहम लगाना; चुपड़ना, लेप लगाना, मलना; (आत्मानुराग, विवेक, घमण्ड आदिको) शमन करना, प्रशमित करना, शान्त करना, ठण्डा करना; (अप-मान, बुराई आदिका) निवारण करना, दूर करना, अच्छा बना लेना; (आगसे सम्पत्तिकी) रक्षा करना, बचाना; (जहाज या उसके असबाबको) समुद्रमें नष्ट होनेसे बचाना; (विपरीतता या विषमताको) समन्वित करना, एकतान करना, मिलाना; (कठिनाईकी) परिकल्पना करना, अनु-मान करना, सोचना; (सन्देहका) निवारण करना, दूर करना, मिटाना ।

salver n. रजतपात्र; सोने, चाँदी, पीतल या बिजली द्वारा कलई की गयी तश्तरी, थाली ।

salvo[1] n. (pl. *-s*) अन्तर्हित आरक्षण, अव्यक्त संरक्षण; कानूनकी अपवादधारा, रक्षण, बन्धन, शर्त, (*with an express ~ of their rights*); अपनी बुद्धिमत्ता या अभिमानको तुष्ट करनेकी युक्ति, अपनी ख्यातिकी रक्षाका उपाय, अपनी इज्जत रख सकनेवाली बात; व्यपदेश, श्लिष्ट बात, वाक्छल, बुरा बहाना, बचाव, टाल-मटोल ।

salvo[2] n. (pl. *-s, -es*) प्रशंसाकी भरमार, जयजयकार; एक ही समयमें विमानके द्वारा फेंके गये बमोंकी संख्या, बमोंकी मार; संगोलन, युगपद्गोलन, तोपों या बन्दूकोंकी सलामी या समुद्री लड़ाईमें तोपों और बन्दूकोंका एक ही समयपर दागना, तोपोंकी बाढ़, बौछार ।

salvolatile n. (मूर्छा लानेवाला) एमोनियम कार्बोनेट ।

salvor n. नाशरक्षी, डूबते हुए जहाज या मालको बचानेवाला मनुष्य या पोत ।

Sam n. (प्रा०), *stand ~* व्यय स्वीकार करना, सभी मूल्य चुकाना, खर्च उठाना; *upon my ~* दृढ़ोक्ति, स्थिर मत, सशपथ कथन ।

samaj n. समूह, वृन्द, कलाप, जनसमूह; धार्मिक सम्मेलन, धर्मोत्सव, समाज ।

samara n. सपंख फल, सपक्ष फल, पखनेदार फल ।

Samaritan १. n. धार्मिक, समेरियाकी धार्मिक रीतिका अनुयायी; समेरियाका निवासी; समेरियाई भाषा; २. a. समेरिया-सम्बन्धी, समेरियाई; *good ~* सचमुचमें दानशील मनुष्य; *the ~ pentateuch* समेरियाई संस्करण या बाइबल-पाठ ।

Samaritanism n. समेरियाई धर्म ।

sambo n. (pl. *-s, -es*) वर्णसंकर, दोगला, दोनस्ला; नीग्रो, हबशी ।

Sam Browne n. सैन्य अधिकारीकी पेटी और पट्टे ।

sambuca n. वीणा, बीन, सम्बूका ।

sambur n. भारतीय साँभरमृग ।

same* १. a. अनन्य, अभिन्न, समान, वही*, वैसा ही, उसी तरह (*~ offence, ~ transaction*); साथ-ही-साथ, साथवाला (*by the ~ token*); पूर्वोक्त, उपर्युक्त, उपरिवर्णित, उपरिलिखित, उपरिकथित, पूर्वनिश्चित, ऊपर सोचा हुआ (*what is the use of this ~ patience ?*); निर्विशेष, तुल्य, समान, यथावत्, ज्यों-का-त्यों, अभिन्न, अपरिवर्तित, समरूप, एकरूप, एकस्वर, एकरस, एकरंग, एक-सा, नीरस, एक ही-सा (*the life is perhaps a little ~*); तद्रूप, तदनुरूप, एकरूप, सदृश, समरूप, तन्मय, मिलता-जुलता, एक ही, बराबर (*expectation of pleasure is the ~ thing with desire*); २. pron. पूर्ववर्णित व्यक्ति, पूर्वोक्त वस्तु या बात (*grace and power faithfully fulfil the ~*); वही वस्तु, एक ही बात, वही बात, वही चीज (*we must all say, do, the ~*); वही पुरुष, वही आदमी, वही, उसी (*to the ~*); ३. adv. समान शैलीमें, समान रूपसे, उसी प्रकारसे, उसी ढंगसे (*think the ~ of*); तथापि, भिन्न परिस्थितियोंके अतीत होनेपर भी, तब भी, तो भी, होते हुए भी; *just the ~* (परिवर्तित अवस्थाओंके होते हुए भी) ज्यों-का-त्यों, वैसा ही, उसी रंगमें; *the very ~* बिलकुल वही ।

samel a. (ईंट) अधपकी, खाम ।

samely a. अपरिवर्तित, हूबहू वही ।

sameness n. अभिन्नत्व, अभिन्नता, साम्य, समता, एकत्व, ऐक्य, एकरूपत्व, तद्रूपता, समभाव, समानता, सादृश्य, अभेद, एकसापन, बराबरी ।

samiel n. उत्तप्त वायु, उष्ण अन्धड़, उष्ण आँधी, अरबके मरुस्थलकी धूलभरी आँधी, लू ।

samisen n. समिसेन, जापानी बैंजो ।

samite n. (प्रा०) (मध्ययुगका एक बहुमूल्य) सोनेके तारोंवाला रेशमी कपड़ा, जरबफ्त, बादला, जरी ।

samlet n. सामन मछलीका बच्चा ।

samovar n. समोवर, रूसी चायपात्र, रूसी चायदानी ।

samp n. (अमरीकाके आदिवासियोंकी) खीर, दलिया ।

sampan n. चीनी नौका; चीनी नाव (जिसका प्रयोग घरके रूपमें होता है) ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

samphire, sampire n. एक सुगन्धित नुनखारी पत्तियोंवाला चट्टानी पौधा।

sample १. n. प्रतिदर्श, उदाहरण, प्रतिरूप, मिसाल (*if that is a fair ~ of his proceedings*); आदर्श, न्यादर्श, प्रतिरूप, नमूना, सैम्पल, बानगी; २. v.t. प्रतिनिधि रूप अनुभव प्राप्त करना, नमूना लेना या देना, गुणोंकी परीक्षा करना, खूबियोंको जाँचना, बानगी देना या दिखाना; ~-card नमूनेपरका लेबुल, मालके नमूनेके साथ संलग्न पत्र;

~ area, ~ bag, ~ bottle, ~ copy, ~ enquiry, ~ jar, ~ oil bottle; ~ outfit, ~ plot, ~ plot procedure, ~ room, ~ survey, ~ survey scheme, ~ tree, ~ tube, ~ tubeform bottle, ~ village accounts.

sampler[1] n. न्यादर्शक, नमूना दिखानेवाला या लेनेवाला, नमूने छाँटनेवाला।

sampler[2] n. लड़कियोंकी सुईकारी या कसीदेकी कलाका नमूना; नया पेड़ (जो खड़ा छोड़ दिया गया हो, जबकि दूसरे काट डाले गये हों)।

samplery n. न्यादर्शन, नमूना दिखाना।

sampling n. न्यादर्श, नमूना (*~ orders*); नमूना लेना या चुनना।

samshu n. शालि-मद्य, शाल्यासव, मण्ड-मदिरा (चावलसे बनी चीनी शराब)। समशू।

Samson, -pson n. अत्यन्त बलवान् पुरुष, अतिबलशाली मनुष्य, महावीर, बज्राँगी बजरंगी।

samurai n. (pl.) समूराई वर्ग, जापानी सैन्य; जापानी सैनिक, समूराई।

sanable a. चिकित्स्य, साध्य (रोगादि), स्वस्थकरणीय, प्रकृतिस्थकरणीय, सुस्थकरणीय, स्वस्थ करने योग्य, अच्छा हो जानेवाला (घाव आदि)।

sanad n. प्रमाणपत्र, सनद।

sanative, -tory aa. आरोग्यकारक, स्वास्थ्यकर, स्वास्थ्यकारी, रोगनिवारक, रोगनाशक, रोगहर, सेहतआवर, शफाबख्श; सदाचारप्रद, धर्मनिर्देशक; नैतिक-स्वास्थ्य-विधायक; मानसिक या शारीरिक स्वास्थ्यसुधारसे सम्बन्धित।

sanatorium n. (pl. *-ia*) आरोग्याश्रम, आरोग्यशाला, आरोग्यगृह, आरोग्य-सदन, स्वास्थ्यनिवास, रोगियोंका चिकित्सालय या शफाखाना; रोगियोंके लिए सुन्दर जलवायुका स्थान, सेनेटोरियम।

sanbenito n. (pl. *-s*) सेण्ट एण्ड्रूजके लाल क्रॉस वाली पश्चात्तापसूचक कन्धेके आकारकी पीली पोशाक; उसी प्रकारकी काली पोशाक।

sancho n. (अमरीकी हब्शीकी) सारंगी, संचो।

sanctification n. मूर्तिस्थापन, प्रतिष्ठापन; पूतकरण, पवित्रीकरण शोधन, शुद्धीकरण, अन्तःशुद्धि; धार्मिकीकरण, धार्मिक बनाना; पापनिवारण, पापहरण, पापको दूर करना।

sanctified a. पवित्रीकृत; (व्यंग०) अधार्मिक, आडम्बरी, पाखण्डी, झूठा, ढोंगी, दिखावटी।

sanctifier n. पूतकर्ता, पवित्रीकर्ता; शोधक, शुद्धीकर्ता; अन्तःशुद्धिकर्ता; धार्मिक बनानेवाला, पाप-निवारक, पापहर्ता, पाप दूर करनेवाला।

sanctify v.t. पावन बनाना, पवित्रता उत्पन्न करना, पवित्र बनाना, पवित्रता बढ़ाना; पवित्र करना, पुण्यमय बनाना, शुद्ध करना, पाक बनाना; पवित्र मानना, शुद्ध समझना, पाक मानना; धार्मिकता प्रदान करना, धार्मिक समर्थनके द्वारा उचित अथवा ग्राह्य बना देना, धार्मिक समर्थन देना; (मूर्ति) प्रतिष्ठापित करना; निष्पाप बना देना, पापसे मुक्त करना, पाप हरना, गुनाह दूर करना; पवित्रता लाना, शुद्धता प्रदान करना; अनुमोदन करना, समर्थन करना, मंजूरी या इजाजत देना; औचित्य प्रमाणित करना, सचाई दिखाना, ठीक ठहराना (*the end ~fies the means*); अकलुषित घोषित करना, निर्दोष बताना, बेकसूर साबित करना।

sanctifying a. शोधक, पावन, पवित्र कर देनेवाला।

sanctimonious a. दाम्भिक, दम्भी, कपटधर्मी, धर्माभिमानी, पाखण्डी, बकवृत्ति, झूठा, ढोंगी, दिखावटी।

sanctimoniousness n. दाम्भिकता, दम्भ, कपट, पाखण्डीपन, ढोंगीपन।

sanctimony n. दम्भ, कपट, बकवृत्ति, पाखण्ड, पाखण्डीपन, ढोंगीपन, दिखावटीपन।

sanction[1] n. आज्ञप्ति, अनुशास्ति, अनुशप्ति, आदेश, प्रादेश, विधान, अधिनियम, विधि, नियम, सिद्धान्त, कानून, कायदा, अदालती फैसला, डिग्री; (नीति०) नीतिविचार, सन्नियम-पालनका विचार; पारितोषिक, पुरस्कार, इनाम (*remuneratory ~*); दण्ड, सजा (*vindicatory* or *punitive ~*); इस प्रकारके पुरस्कार या दण्डको प्रदान करनेवाली कानूनी धारा; सत्ता, प्रमाण, प्रामाण्य; पुष्टीकरण या अनुमोदन, सम्मोदन, स्वीकृति, अनुमति, दृढ़ीकरण, मंजूरी, तसदीक; आधिकारिक आदेशकी अभिव्यक्ति; किसी प्रथा आदिके द्वारा किसी कार्यका समर्थन, प्रोत्साहन, पोषण, बढ़ावा।

sanction[2] v.t. (कानून) पुरस्कार अथवा दण्ड स्वीकृत करना, इनाम या सजाको मंजूर करना; अधिकार देना, अधिकारी बनाना, स्वीकृति देना, मंजूरी देना, इजाजत देना, अख्तियार देना; संशोधन करना, अनुमोदन करना, समर्थन करना, तसदीक करना; अनिवार्य कर देना, आवश्यक बना देना, जरूरी ठहराना; किसी कामके लिए) प्रोत्साहन देना, प्रोत्साहित करना, बढ़ावा देना।

sanctionary a. आज्ञप्ति-विषयक, अनुशास्ति-विषयक, आदेश-विषयक, प्रादेश-विषयक, विधान-विषयक, अधिनियम-सम्बन्धी, विधि-सम्बन्धी, नियम-सम्बन्धी कानूनका, कायदेका; पारितोषिक-विषयक, पुरस्कार-सम्बन्धी; अनुशप्ति-विषयक, अनुमति-सम्बन्धी; आज्ञप्त्यात्मक, अनुशास्त्यात्मक, विधियुक्त, नियमयुक्त; अनुशप्त्यात्मक, अनुमतिपूर्ण।

sanctioned a. आज्ञप्त, सम्मोदित, आदिष्ट; स्वीकृत,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

मंजूर;

~ budget, ~ cadre, ~ establishment, ~ estimate, ~ expenditure, ~ map, ~ rate, ~ scale, ~ scheme, ~ work.

sanctioning a. सम्मोदी, अनुशासी (*~ authority, power*)।

sanctionless a. आज्ञप्तिरहित, नियमरहित, विधिहीन, बिना डिग्रीके; दण्डरहित; समर्थनहीन, अनुमोदनरहित, बिना पुष्टीकरणके; अधिकाररहित, बेमंजूरीके, बिना तसदीकके, बिना अस्तियारके।

sanctitude n. (अब क्व०) ऋषित्व, सन्तत्व, सन्तपन, साधुता, तपस्वीपन, शुद्धाचरणशीलता, पवित्रता, धार्मिकता, बड़प्पन, बुजुर्गी।

sanctity n. ऋषितुल्यता, सन्तत्व, शुद्धता, पुण्यशीलता, विशुद्धि, पुण्यता, पवित्रता, धार्मिकता, निर्मलता, बुजुर्गी (*odour of ~*); श्रद्धास्पदत्व, पूजनीयता, सम्माननीयता, आदरणीयता, आदर, मान, इज्जत; अलङ्घ्यता, अनुल्लंघनीयता; (pl.) देवत्व, पवित्र भावनाएँ, पुनीत वृत्तियाँ, पुनीत कार्य, पवित्र कर्तव्य, धार्मिक कृत्य, शुद्ध विचार (*the ~ies of the home*); बन्धन, कृत्य।

sanctuary n. (शा० एवं ला०) पवित्र स्थान, पुण्यालय, देवालय, देवायतन, पूजाकक्ष, उपासनागृह, मन्दिर, गिरजाघर, यहूदी मन्दिर, मस्जिद, दरगाह; गिरजाघरका भीतरी कक्ष, गर्भगृह, गर्भागार; अपराधीके लिए रक्षास्थल, शरण्यस्थान; मुक्तिदायक शरणस्थल, अभयपद, शरण्य, आश्रय-स्थल, संश्रय, आसरेकी जगह, बचावकी जगह, पनाह (*London, the ~ of political refugees*); मुक्ति-अधिकार, कर या बन्धन आदिसे मुक्ति, छूट, छुटकारा देनेका अधिकार, आश्रय-अधिकार, पनाह देनेका हक (*violate* or *break ~*); (शिकार) मृगवन, पशुओं, पक्षियों या मछलियोंके शिकारके लिए वर्जित समय या स्थान; rights of ~ आश्रय देनेकी क्षमता, शरण देनेका अधिकार, पनाहका हक; *take, seek, ~* आश्रय लेना, शरण ग्रहण करना, पनाह लेना।

sanctum (sanctorum) n. निभृत कक्ष, अध्ययन-कक्ष, उपासनागृह, निजी कक्ष, एकान्त कमरा; यहूदी मन्दिरके भीतरका पवित्र स्थान, पुनीतस्थल, पुण्यभूमि, तीर्थ, पवित्र आसन।

sand* १. n. सिकता, बालु, बालुका, बालू*, रेत, धूल, रेग; (pl. भी) पुलिन, सैकत, बालुका-तट, रेतीला किनारा; सिकताकण, बालूके कण, रेतके कन ⊙ (*numberless as the ~*); मरुभूमि, मरुस्थल, रेगिस्तान, रेतीला मैदान; (बोल०) कार्यनिष्ठा, निश्चयता, दृढ़ता, उद्देश्यकी स्थिरता, मन्तव्यकी दृढ़ता, धैर्य, पक्कापन, साबितकदमी; २. v.t. बालुकावृत करना, रेत डालना, रेत छिड़कना; (चीनी, ऊन आदिमें) बालू मिला देना; बालूमें गाड़ देना; बालूसे पालिश करना; ~-bag बालू-स्यून, रेतकी बोरी, बालूका बोरा; ~bag v. बालूके बोरेसे रक्षा करना, मोर्चाबन्दी करना, (रास्ता रोकनेके लिए) बालूके बोरे लगाना; बालूके बोरेकी चोटसे गिराना; ~bank रेतीला तट, समुद्र या नदीका बालूका किनारा; ~-bar बालुवप्र, बालुरोधा, नदी या बन्दरगाहके मुँहपर बालूका ढेर, डेल्टा; ~-binder रेतीले तटको पक्का करनेवाला पौधा; ~blind धुँधला, चुन्धा; ~boy बालू बेचनेवाला लड़का; ~-eel साँप-जैसी मछलीकी एक जाति; ~-glass, बालूघड़ी, रेतघड़ी; ~ grouse भट्टतीतर; ~man रेतवाला; ~-martin सैकत चटी, एक प्रकारका अबाबील पक्षी; ~paper सिकता-पत्र, रेगमार, रेगमाल, लकड़ीपर पालिश करनेका बालू लगा हुआ कागज; (v.t.) रेगमाल कागजसे पालिश करना; ~piper जलरंक, टिटिहरी; ~-shoes बालुई जूते, बालूमें चलनेके जूते; ~-stone बालुकाश्म, बालुकामय प्रस्तर, रेतीला पत्थर, भुरभुरा बलुआ पत्थर (*old ~stone*); ~-storm बालुकामेघ, रेतका तूफान; *built on ~* अस्थायी, नश्वर;

~ bath, ~-bed, ~ blast, ~-blasted, ~-blasted bottle, ~-blasting, ~ blower, ~ box operating handle, ~ calciner, ~ casting, ~-coloured rat, ~ crab, ~ crater, ~-culture, ~ drift, ~ dune, ~ features, ~ flea, ~ fly, ~ fly fever, ~ hill, ~ hopper, ~ hump siding, ~ islands, ~ lark, ~-leek, ~ lizard, ~-mixer, ~ packing, ~ pipe, ~ pit, ~ plain, ~ plant, ~ plover, ~ reed, ~ sedge, ~-shark, ~ snake, ~ stone oil, ~-trap, ~ tray, ~ wasp.

sandal[1] १. n. पादुका, चट्टी, सैंडल, चप्पल; नीचे जूते बाँधनेका फीता; २. v.t. पादुका पहनना, चट्टी या चप्पल पहनना; चप्पल या नीची एँड़ीके जूतेको फीतेसे बाँधना।

sandal[2] **(wood)** n. चन्दन, चन्दनकाष्ठ, सन्दलकी लकड़ी (*white, yellow, red, ~*); ~-tree मलाबार की सफेद चन्दनकी लकड़ी;

~ bark, ~ chip, ~ dust, ~ oil, ~ root.

sandalled a. पादुकायुक्त, चट्टीवाला, चप्पल पहने हुए।

sand-blind a. (प्रा०) अल्पदृष्टि, धुँधली दृष्टिवाला, चौंधा, चौंधर।

sanded a. सैकतीयित, सैकतित, बालुकाकीर्ण, बालुकापूर्ण, बालुकामय, बालुकायुक्त, बलुई, बालूदार, रेतीला; बलुई वर्णयुक्त, बलुई रंगका।

sanderling n. जलचर, जलकुक्कुट।

sanders, saun- n. रक्तचन्दन, अरुणचन्दन, देवीचन्दन, लाल चन्दन।

Sandhurst n. इंग्लैण्डका रॉयल मिलिटरी कॉलेज या एकेडमी, सैण्ड्हर्स्ट।

sandiness n. सिकतिलता, बालुकाकीर्णता, बालुकामयता, बालूमय अवस्था, बालुईपन, रेतीलापन।

sandman n. (सोते बच्चोंको डराकर जगानेवाली) परियोंकी कहानी, चुड़ैलकी कहानी, भुतही कहानी,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

sandwich १. n. अन्तःपूर्णा, रोटीके जुड़वाँ टुकड़े (जिनके बीचमें मांस आदि भरा रहता है), सैंडविच; (ला०) मिश्रण दो पक्ष, दोरुखा (*a ~ of good & bad*); विज्ञापनकी पेटियोंको आगे-पीछे टाँगकर चलनेवाला लड़का या आदमी; २. v.t. अन्तर्निविष्ट करना, दो भिन्न प्रकारकी वस्तुओं या वक्तव्योंके बीच किसी वस्तु या वक्तव्यको प्रविष्ट करना, मिलाना, भरना, ठूँसना।

sandwichman n. विज्ञापक व्यक्ति (वह व्यक्ति जो दोनों पाइवोंमें विज्ञापनके तख्ते लटकाकर चलता है)।

Sandy[1] n. स्कॉटलैण्डवासी (का अपनाम)।

sandy[2] a. संज्ञागत अर्थोंमें, सैकत, सिकतिल, बालुमय, रेतीला, बलुई, बालूका; बालूके रंगका, पीलापन लिये हुए लाल (बाल), बालूके-से रंगोंके बालोंवाला (व्यक्ति); अस्थिर, भंगुर; ~ area बालु-क्षेत्र; ~ clay बलुई मिट्टी, रेतीली मिट्टी।

sandyish a. सिकतिल, बालू-जैसा, रेतीला-सा।

sane a. स्वस्थ, स्वस्थचित्त, प्रकृतिस्थ, निरामय, अविक्षिप्तचित्त, अनुन्मत्त, सुस्थ, ठीक बुद्धिका, समझदार, सयाना; उदार, संयत, युक्तियुक्त, उपयुक्त, बुद्धिमत्तापूर्ण, ठीक, माकूल, वाजिबी (विचारोंका)।

saneness n. स्वस्थता, स्वस्थचित्तता, प्रकृतिस्थता, निरामयता, अविक्षिप्तता, अनुन्मत्तता, सुस्थता, ठीक बुद्धिका होना, समझदार होना, अक्लमन्दी, सयानप; उदारता, संयतता, युक्तियुक्तता, उपयुक्तता, बुद्धिमत्ता, विवेकपूर्णता, माकूलियत, वाजिबियत।

sang SING का भू० कृ०।

sanga(r) n. पत्थरका कवच या सीनाबन्द, साँगा।

sangaree n. सैंगरी, (उष्ण देशोंका एक मादक पेय)।

sang-froid n. (विपत्ति या कठिनाईमें) अविक्षुब्धता, शान्ति, सुस्थिरता, मानसिक सन्तुलन, शान्तचित्तता, धैर्य, धीरता, संयम।

Sangha n. संघ।

sangraal, -grail, -greal n. = GRAIL[1].

sanguiferous a. रक्तचारी, रक्तसचारी, रुधिरवाही, रुधिर-संवाही, खून ले जानेवाली।

sanguification n. रक्तनिर्माण, रुधिर-रचना, खून बनना।

sanguifier n. रक्तनिर्माता पदार्थ, रुधिर-रचयिता पदार्थ, खून बनानेवाली वस्तु।

sanguifluous a. रक्तसहचारी, रुधिरसहगामी, खूनके साथ दौड़नेवाला।

sanguinariness n. हिंस्रकता, रुधिरप्रियता, रक्तप्रियता, क्रूरता, हिंसात्मकता, खूनीपन, खूँख्वारी।

sanguinary a. हिंस्र, हिंसक, रुधिरप्रिय, रक्तप्रिय, रक्तस्रावी, रक्तपिपासु, जिघांसु, मारात्मक, लोहूका प्यासा, खूनी, खूनका प्यासा, खूँख्वार; क्रूर, कठोर, निष्ठुर, निर्दय, मृत्युदायक, बेरहमीका (कानून); रक्ताक्त, रक्तमय, बहुरक्त, रक्तपातदूषित, लोहू-लुहान।

sanguine १. n. लाल रंगकी खड़िया मिट्टीसे खींचा हुआ चित्र; रक्त वर्ण, लौहवर्ण, लाल रंग; लाल रंगकी खड़िया; लौह-बिन्दु; २. v.t. (का०) रक्तसे कलंकित करना, खूनसे रँगना, लाल रँगना; ३. a. (क०) रक्ताक्त, रक्तस्रावी, रक्तपूर्ण, खूनी, लोहू-लुहान (*~ slaughter*); (साहि० एवं प्राकृ० इति०) रक्तिम, रक्तके रंगका, सुर्ख, लाल, खूनके रंगका (*~ ant, sponge*); (क०) रक्त-सम्बन्धी, रक्तका, खूनका (*~ rain*); रक्ताभ, रक्तवर्ण, लालिमायुक्त, उज्ज्वल, अलकृत, लाली लिये हुए; रक्ताभ आकृतिका, रक्तिम रूपका, आशामय लालिमायुक्त चेहरेवाला, चमकदार चेहरेवाला; (इति०) तीक्ष्ण, गाढ़, चण्डस्वभाव, उग्र, क्रोधी, तेज; उत्कट, उत्साहपूर्ण, जोशीला, सरगरम; विश्वासी, अति विश्वासी, आशामय, आशापूर्ण, आशावादी, आशावान्, उम्मीदभरा, पक्का, यकीनी; शुभाकांक्षी, मगलाकांक्षी।

sanguineness n. रक्तपूर्णता, रक्ताक्तता; रक्तवर्णता, लालिमायुक्तता; रक्तिमा, लालिमा, लाली; उग्रता, क्रुद्धता, तेजी; अत्याशा, आशावादिता, आशापूर्णता; उत्साह, ओजस्विता, जोश, जोशीलापन, गरमी, सरगरमी; विश्वासीपन।

sanguineous a. रक्तमय, रक्तयुक्त, रक्तपूर्ण, रक्तप्रधान, रुधिरपूर्ण, शोणित, रक्तका, खूनका; रक्तिम, लाल, रक्तके रंगका, गहरे लाल रंगका, खूनी।

sanguinivorous a. रक्ताशी, रक्तजीवी, रुधिरपायी, खूनपर जीवित रहनेवाला।

sanguinolent a. रक्त, रक्ताभ, रुधिराभ, रुधिरके समान लाल; रक्तरंजित, खूनसे रँगा हुआ।

Sanhedrim n. प्राचीन यहूदी सर्वोच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च परिषद्, यहूदी संघ।

sanies n. पूय, व्रण-द्रव, फोड़ेसे निकलनेवाला रक्ताभ पानी, पीव।

sanify v.t. स्वस्थ करना, स्वस्थचित्त करना, प्रकृतिस्थ करना, निरामय करना, अविक्षिप्तचित्त करना, अनुन्मत्त करना, सुस्थ करना, होश ठिकाने लाना, समझदार बनाना; उदार बनाना, संयत बनाना, युक्तियुक्त बनाना, उपयुक्त बनाना, बुद्धिमत्तापूर्ण बनाना, ठीक बनाना, ठीक कर देना, वाजिब बनाना।

sanious a. पूयस्रावी, व्रण-द्रव-सम्बन्धी, व्रण-रस-सम्बन्धी, फोड़ेके पानीका; व्रणजलवत्, व्रणद्रव-सदृश, व्रणरसाभ, फोड़ेके पानी-जैसा, पीववाला।

sanitarian n. & a. स्वच्छताप्रचारक, आरोग्य-सम्बन्धी सिद्धान्तोंका समर्थक; स्वास्थ्यरक्षा-विषयक, स्वास्थ्यरक्षा-सम्बन्धी; स्वच्छता एवं स्वास्थ्यप्रचारक संस्था या सभा।

sanitariness n. आरोग्यकरता, स्वास्थ्यपरता, स्वास्थ्यवर्धकता, स्वास्थ्यरक्षात्मकता, तन्दुरुस्तीके कायदोंकी पाबन्दी; स्वच्छता।

sanitarist n. स्वास्थ्यपरतावादी, स्वच्छतावादी, सफाई-पसन्द, स्वच्छता-विज्ञ।

sanitarium n. आरोग्याश्रम, आरोग्यशाला, आरोग्य-गृह, आरोग्यस्थान, स्वास्थ्यनिवास, चिकित्सालय,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

शफाखाना; सुरम्य स्थल, रोगियोंके लिए सुन्दर जलवायु-का स्थान; = SANATORIUM.

sanitary a. आरोग्यकर, स्वास्थ्यप्रद, आरोग्यावह, स्वास्थ्यवर्धक, आरोग्यरक्षक, तन्दुरुस्ती कायम रखनेवाला; आरोग्यकारी, स्वास्थ्यपरक, परिशोधी, स्वास्थ्यरक्षा-विषयक, स्वच्छता या नीरोगता-सम्बन्धी, स्वास्थ्य-, रोगनिवारण-सम्बन्धी, सफाई और तन्दुरुस्तीके बारेमें; ~ inspector स्वच्छता निरीक्षक; ~ towel मासिक धर्ममें काम आनेवाली तौलिया या गद्दी;
~ administration, ~ authority, ~ block, ~ chemistry, ~ commissioner, ~ conditions, ~ defects, ~ department, ~ duties, ~ engineer, ~ fittings, ~ improvement, ~ inspection, ~ laws, ~ measures, ~ officer, ~ privy, ~ regulations, ~ report, ~ scheme, ~ services, ~ ware.

sanitate v.t. & i. स्वास्थ्यरक्षाके नियम पालना, स्वास्थ्य-सम्बन्धी बातोंमें सुधार करना, स्वच्छता ला देना, सफाई करना।

sanitation n. आरोग्य, आरोग्य-प्रबन्ध, स्वच्छता, शुचिता, स्वास्थ्यवर्धन, स्वच्छतावृद्धि, स्वच्छताप्रबन्ध, स्वास्थ्यरक्षा, परिशोधन, परिशुद्धि, संमार्जन, सफाई।

sanitationist n. स्वच्छतावादी, स्वच्छतासुधारवादी, परिशुद्धि-विशारद, स्वास्थ्यरक्षावादी, सफाईपसन्द।

sanity n. स्वस्थता, सुस्थता, सुस्थिरता, स्वस्थचित्तता, प्रकृतिस्थता; मानसिक स्वास्थ्य, विवेकशीलता, दिमागी सेहत; संयम, संयमशीलता, मानसिक सन्तुलन, अनुन्माद, विवेकशीलता, अनतिवादिता, समझदारी।

sanjak n. (तुर्कीमें) शासकोपविभाग, शासनोपविभाग, प्रशासकीय प्रदेश।

sank SINK का भू० कृ०।

san(n)yasi n. संन्यासी।

san(n)up n. रेडइण्डियन योद्धा।

sans prep. हीन, विहीन, रहित, मुक्त, बिना, बिन, सिवाय, बिला, बे, बगैर (~ *teeth*); ~ ceremonie adv. बिना प्रदर्शनके, बिना शिष्टाचारके, बेतकल्लुफी-से; ~ culotterie n. गणतन्त्रवादी, क्रान्तिवादी, इन्कलाब-पसन्द; ~ facon adv. बिना शिष्टाचारके, स्पष्ट रूपसे, खुले तौरसे; ~-gene n. अनिपुणता, अकुशलता, कौशलविहीनता, अपरिचय, अज्ञानता; असयम, मानसिक संयमका अभाव, मनोनिग्रहकी कमी, अपनेको काबू न कर पाना; ~ phrase दो टूक, बिना किसी प्रतिबन्ध या शर्तके; साफ-साफ; ~-souci निरपेक्षता, निश्चिन्तता, मौज, बेपरवाही।

sansculotte n. उग्र क्रान्तिकारी, प्रचण्ड क्रान्तिकारी, भीषण क्रान्तिकारी, तगड़ा बलवाई; अराजकतावादी व्यक्ति।

sansculottic a. उग्र क्रान्तिकारी-विषयक, प्रचण्ड क्रान्तिकारी, भीषण क्रान्तिवादी, तगड़े बलवाईका; अराजकतावादी।

sansculottism n. उग्र क्रान्ति, प्रचण्ड क्रान्ति, भीषण क्रान्ति, तगड़ा बलवा; अराजकतावाद; अतिप्रजातन्त्रवाद।

Sanskrit, -scrit n. & a. संस्कृत(में), संस्कृतका।

Sanskritic a. संस्कृतज, संस्कृत-विषयक, संस्कृत-सम्बन्धी।

Sanskritist n. संस्कृतवादी, संस्कृतका पण्डित।

sans-serif n. बिना शीशेका टाइप, सादा टाइप।

Santa Claus n. क्रिसमसका बाबा, उपहारोंसे थैले भरनेवाला, सन्त।

santal n. रक्त चन्दन, अरुण चन्दन, देवीचन्दन, लाल चन्दन, सन्दल।

santalin n. रक्तचन्दनरंजक द्रव्य, अरुणचन्दनरंजक, देवीचन्दनका रस।

santon n. सन्त, दरवेश।

santonica n. = WORMWOOD.

sap[1] १. n. (पौधोंका शक्तिधारक) रस, सत्त्व, निर्यास, सार, द्रव, दूध (ला० भी *the ~ of youth*); (~-*wood* भी) बक्कल, छाल, गाभा, लकड़ीका ऊपरी नर्म छिलका; २. v.t. रस सोखना, रस निचोड़ लेना, सत्त निकाल लेना; छालकी या गाभेकी लकड़ीको सुखाना; (ला०) प्राणशक्ति खींच लेना, जीवनरस सोख लेना, जान निकाल लेना; कमजोर कर देना, जोर चूस लेना; विश्वासका बल ले लेना; लकड़ीके लट्ठेपरसे छालको उतार लेना, गाभा निकाल लेना; ~-green n. & a. (एक प्रकारकी मकोयसे) बनाया हुआ रंग, रसके रंगका; ~-lath मुलायम बक्कल या गाभेसे बनी हुई लकड़ीकी पट्टी;
~ colour, ~ flow, ~ mechanism, ~ root, ~ season.

sap[2] १. n. ढकी हुई घेरेकी खाई; गुप्त रूपसे विध्वंस; (ला०) विश्वास, आस्था आदिकी धीरे-धीरे क्षति, ह्रास, विश्वासघात, द्रोह, अप्रतीति; (घिरे हुए स्थानके आसपास आक्रमणकारियोंके आक्रमणको रोकनेके लिए) खाइयाँ खोदना, सुरंग बनाना; २. v.t. & i. (ला०) धीरे धीरे नष्ट करना; गुप्त रूपसे क्षति पहुँचाना, बर्बाद करना; नींवको उखाड़कर अरक्षित करना, बुनियाद खोखली करना (*science has ~ped old beliefs*); खाई खोदना, सेंध लगाना; सुरंग बनाना; खोदकर ढहा देना; ~-head घेरेके मोर्चेका अगला सिरा; ~-roller टोकरीदार मोर्चा।

sap[3] १. n. थका देनेवाला काम, कठिनाई, परेशानी, सिरदर्दी (वाला काम) (*it is such a, too much*, ~); परिश्रमी विद्यार्थी, अध्ययनशील या परिश्रमशील व्यक्ति, मेहनती आदमी; (अमरीकी ग्रा०) मूढ़, मूर्ख, बुद्धू, गोबरगणेश, गावदी; २. v. i. पुस्तकों या पाठोंको परिश्रमसे तैयार करना, पढ़ाईमें मेहनत करना; अध्ययन-शील होना; पढ़नेवाला होना, रट्टू होना।

sapful a. सप्राण, सजीव, जानदार, जीवटवाला; सरस, रसदार, रसभरा, लाबदार।

sapid a. कर्णप्रिय, सुपाठ्य, सुखद, रुचिकर, मधुर, आनन्ददायक, मिष्ट, मीठा, मजेदार (रचना, वार्तालाप

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

आदि); स्वादु, सुस्वादु, सुरस, रुचिकर, स्वादिष्ठ, सुरस, स्वादका, मजेदार; आनन्दकर ।

sapidity n. स्वादुता, स्वादिष्ठता, स्वाद, मजा, जायका, लज्जत; रुचिकरता, मधुरता, मिठास ।

sapidness n. कर्णप्रियता, सुपाठ्यता, सुखदता, रुचिकरता, माधुर्य, मधुरता, आनन्ददायकता, मजा, मीठापन, मजेदारी, मिठास; स्वादुता, सुस्वादुता, सुरसता, स्वादिष्ठता, सुरसता, लजीजपन ।

sapience n. बुद्धि, बुद्धिमत्ता, बुद्धिमानी, ज्ञान, विवेक, प्रज्ञा, समझ, समझ-बूझ, अक्लमन्दी; अटकल, उड़ान, लालबुझक्कड़पन ।

sapient a. (क्व०) प्रज्ञ, प्राज्ञ, विचक्षण, विवेकी, बुद्धिमान्, समझदार, अक्लमन्द; बना हुआ पण्डित, बनावटी विद्वान्, बनते हुए समझदार; लालबुझक्कड़; झूठमूठके साधु, सन्त, पाखण्डी, ढोंगी ।

sapiential a. विवेकमय, विवेक-विषयक, बुद्धिमत्ता-सम्बन्धी, बुद्धिमानीका, अक्लमन्दीका ।

sapindaceous a. रीठ-वृक्ष-विषयक, रीठेके पेड़का; रीठेके पेड़की तरह; रीठे-जैसा ।

sapless a. तत्त्वहीन, नीरस, विरस, असार, निःसार, सूखा, बेरस, पुराना ।

sapling n. बालवृक्ष, वृक्षक, नूतन तरु, नया पेड़, पौधा, बिरवा (~ *stage*); (ला०) तरुण, युवा, युवक, नवयुवक, नया आदमी, जवान, नौजवान; पहले सालका शिकारी कुत्ता (~ *stakes*) ।

sapodilla n. गुडालु, चीकू, टिकाऊ लकड़ी और खाने योग्य फूलोंवाला अमरीकाके उष्ण प्रदेशका विशाल सदाबहार वृक्ष (~ *plum*) ।

saponaceous a. (शा० एवं हास्य० में ला०) साबुन-युक्त, साबुनके गुणका, साबुन-सा, साबुनवाला, साबुनका, साबुनी; चिक्कण, मेदुर ।

saponifiable a. स्वफेन्य, साबुन बनाने योग्य, साबुनमें बदलने योग्य ।

saponification n. स्वफेनन, साबुनीकरण, साबुन बनाना, साबुनमें बदलना ।

saponify v.t. & i. साबुन बनाना, साबुनमें बदलना ।

sapor n. स्वाद, जायका, मजेदारी ।

saporific a. स्वादु, सुस्वादु, जायकेदार, मजेदार ।

saporosity n. स्वादुता, सुस्वादुता, जायकेदारी, मजेदारी, मजा ।

sappan n. सैपन, (इमारती लकड़ीका पेड़) ।

sapper n. sap[1,2,3] के क्रियागत अर्थोंमें, खनक; रॉयल इंजीनियरोंमेंसे एक सैनिक, एक सिपाही; ~*s & miners* सफरमैना ।

Sapphic १. n. (pl.) सैफोके द्वारा प्रयुक्त छन्दोंवाली कविता, पद्य; २. a. सैफोसे सम्बन्धित, सैफोई; ~ *verse, stanza* सैफो द्वारा प्रवर्तित या प्रयुक्त छन्द; ~ *vice* स्त्रियोंमें परस्पर यौन-सम्बन्ध ।

sapphire १. n. नीलकान्तमणि, नीलम, नीलमणि, इन्द्रनील, नीलोपल, एक नीली मणि, शनिप्रिय, एक पारदर्शी या नीला बहुमूल्य पत्थर, बहुमूल्य रत्नेदार एलसुनिया; नीलमका चमकीला नीला रंग, आकाशी रंग; भनभनानेवाली चिड़िया; २. a. नीलमके रंगका ।

sapphirine a. नीलमका बना हुआ, नीलमी, नीलमका ।

Sapphist n. स्त्रीगामिनी स्त्री ।

sappiness n. हराभरापन; (ला०) जीवन्तता, शक्तिशालिता, जीवट; रसीलापन ।

sapping[1] n. प्राचीर-निर्माण, गर्त-निर्माण, अधःखनन ।

sapping[2] a. निर्बलकारी, दुर्बलकारी, कमजोर बनानेवाला ।

sappy a. रसयुक्त, सरस, ससत्त्व, आर्द्र, रसाढ्य, रसवान्, रसीला, हराभरा; (ला०) जीवन्त, शक्तिशाली ।

sapraemia n. विषरक्तता, पूति, सड़ान, सेप्टिक (रक्तमें बैक्टीरिया होना ।

saprodontia n. दन्तक्षय, दशनक्षय, दाँतोंका कमजोर होना या गिरना ।

saprogenic a. क्षयोत्पन्न, क्षयजनित, ह्रास-जनित; क्षयकारी, क्षयजनक, ह्रासजनक ।

saprophagan a. = SAPROPHAGOUS.

saprophagous a. जन्त्वाशी, जन्तुभक्षी; वनस्पत्याशी, वनस्पति खानेवाला ।

saprophyte n. (वन०) मृतोपजीवी, सड़ी हुई वनस्पतिपर पनपनेवाला पौधा ।

sapwood a. रसकाष्ठ, कच्ची लकड़ी, (वृक्षकी) त्वक्, त्वचा, वल्कल, छाल (~ *tree*) ।

saraband n. स्पेनका प्राचीन राजसी नृत्य; इस नृत्यके साथका संगीत, सरबन्द ।

Saracen n. जिहादी मुसलमान, अरब, गैर-ईसाई, मूर, बर्बर; ~ *corn* बड़े दानेका गेहूँ; ~'s *head* अरब या तुर्कका सिर (जो किसी झण्डे या सरायके लिए चिह्नके रूपमें प्रयुक्त होता था) ।

Saratoga (trunk) n. स्त्रियोंका बड़ा सफरी सन्दूक, बक्स, ट्रंक ।

sarcasm n. व्यंग्यवाक्य, तीक्ष्णोक्ति, कटूक्ति, तीखी बात, चुभती हुई बात, बोली-ठोली; व्यंग्य, कटु व्यंग्य, आक्षेप, आक्षेप-वाक्य, अवहास, आक्षेप, निन्दात्मक उपालम्भ, ताना, चुटकी; व्यंग्यशक्ति, व्यंग्योक्तिकी शक्ति, आक्षेपकारिता, तानेबाजीकी कला ।

sarcast n. (क०) व्यंग्य करनेवाला, ताना कसनेवाला, जली-कटी कहनेवाला ।

sarcastic a. व्यंग्यात्मक, व्यंग्यपूर्ण, व्यंग्यमय, साक्षेप, सावहास, आक्षेपात्मक, तीक्ष्ण, उग्र, कटु ।

sarcenet n. सुन्दर रेशम, रेशम-जैसा सुन्दर पदार्थ ।

sarcocarp n. फलमांस, फलका लोथड़ा ।

sarcocele n. पशु-जीवरस, पशु-जीवद्रव्य, पशु-प्ररस ।

sarcocol n. (अरबी वृक्षोंसे प्राप्त) उद्यास, राल, धूप ।

sarcocyst n. मांसकोष्ठी, मांसगुहा ।

sarcode n. = SARCOCELE.

sarcodic a. पशु-प्ररसवत्, पशुजीवरसवत्, पशुजीवद्रव्य-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

सदृश; पशुप्ररसयुक्त, पशुजीवरसयुक्त, पशुजीवरसमय; जीव द्रव्य-सम्बन्धी ।

sarcoid a. मांसार्बुद, चर्मरोग, जिसमें घावके दाग रह जाते है); दाग, खुरण्ड ।

sarcoline a. मांसाभ, मांसके रंगका ।

sarcology n. मांसलावयव-विज्ञान ।

sarcoma n. (pl. *-ta*) भ्रूणार्बुद, भ्रूणसंयोजक तन्तुकी गिल्टी ।

sarcomatosis n. अर्बुद रोग, गिल्टी रोग ।

sarcomatous a. अर्बुदवत्, भ्रूणसंयोजक तन्तुकी गिल्टी-जैसा, गिल्टीवाला; भ्रूणअर्बुद-विषयक, तन्तुकी गिल्टीका ।

sarcophagal a. मांसाहारी; शवाधार-सम्बन्धी, ताबूतका ।

sarcophagous a. मांसाशी, मांसभक्षी, मांसभोजी, मांसजीवी, मांस खानेवाला; मांसाश्रित, मांसाहारी, मांस खाकर रहनेवाला ।

sarcophagus n. (pl. *-gi*) शवाधार, शवपेटिका, लाश रखनेकी सन्दूक; प्रस्तरनिर्मित शवाधार, पत्थरका ताबूत (कब्र) ।

sarcophagy n. मांसाहार, मांसभक्षण, शवभक्षण ।

sarcoplasm n. मांसरस, (विशे०) पेशीरस ।

sarcosis n. अतिमांसवृद्धि. मांसवृद्धिरोग, मांस बढ़नेका रोग; अर्बुद रोग, गिल्टी निकलनेका रोग ।

sarcotic a. अतिमांसवर्धक, अतिमांसवृद्धिकर, मांसवृद्धि-रोगजनक, मांस बढ़ानेवाला ।

sarcous a. मांसल, मोटा; मांस-विषयक, मांस-सम्बन्धी; पेशी-, पैशिक, पेशी-विषयक, पेशी-सम्बन्धी ।

sard n. पीला या नारंगी रंग ।

sardine[1] n. एक प्रकारका बहुमूल्य रत्न ।

sardine[2] n. हरिमीन, एक प्रकारकी छोटी समुद्री मछली, सारडीन; *packed like ~s* सारडीन मछलियोंकी भाँति मनुष्योंका जमाव, भीड़, भीड़भाड़ ।

sardius n. पीत वर्ण, पीत राग, पीला रंग; नारंगी रंग; गोमेद, गोमेदक, अकीक सुलेमानी ।

sardonic a. व्यंग्यपूर्ण, उपालम्भपूर्ण, कटूक्तिपूर्ण, विषाक्त, तीक्ष्ण, कटु, उपहासपूर्ण, विकृत, पैशाचिक, कराल, तीखा, राक्षसी, झूठा, बनावटी, नकली, जहरीला (हास्य, विनोद, हँसी आदि) ।

sardonyx n. गोमेद, गोमेदक, अकीक सुलेमानी, एक प्रकारका रत्न, साडोनिक्स ।

sargasso n. (pl. *-s, -es*) अनेकजातीय समुद्री सेवार ।

sari n. साड़ी, सारी ।

sarking n. छद-कर्तन, छतकी कटाई ।

sarmentous, -tose aa. भूस्तारीबहुल, वीरुध्युक्त, लतामय, लतरवाला ।

sarmentum n. भूस्तारी, वीरुध्, लता, लतर ।

sarong n. मलायाकी राष्ट्रीय पोशाक, सूती या रेशमी लुंगी-जैसा अधोवस्त्र, सारौंग ।

saros n. चान्द्र चक्र (१८ वर्ष ११ दिनका समय जिसमें सूर्य १९ बार और चन्द्रमा २४२ बार उसी पातको प्रत्यावृत्त होता है और ग्रहण पूर्ववत् होते है) ।

sarplier n. आवेष्टन-वस्त्र, वेष्टन-वसन, पैकिंगकी किरमिच ।

sarsaparilla n. चिरायता, उष्णप्रदेशीय कड़वी लता-विशेष; आसारिवा; सालसा, इस बेलकी सूखी जड़ें या उसका आसव ।

sarsen n. बालुप्रस्तर-देश, सैकताश्म-प्रदेश, वह भूमि जहाँ भुरभुरे पत्थर अधिक हों ।

sarsenet, sarc- n. बढ़िया महीन रेशमी कपड़ा ।

sartorial a. पुरुषोंके कपड़ोंसे सम्बन्धित; सूचीकर्म-विषयक, दर्जीका या सिलाईका ।

sash[1] n. (आभूषणके रूपमें) मेखला, कटिसूत्र, पुरुषके पहननेकी कपड़ेकी कमरपेटी, कमरबन्द, पटका, पट्टी, रूमाल; प्रायः कन्धेपर बाँधनेका रूमाल या स्त्री या बच्चेके पहननेका दुपट्टा, सैश ।

sash[2] n. (क्व०) खिड़की; सन्धार, खिड़कीका शीशेदार लकड़ीका चौखटा; शीशेदार ऊपर-नीचे खिसकने-वाली बत्ती; पौधेका शीशेदार जँगला; जाल, जाली; *~-card, ~-line* खिड़कीमेंके शीशेके चौखटेकी रस्सी या डोरी; *~-pocket* खिड़कीके चौखटेके हर ओरकी जगह, दरीचाखाना, आला; *~-pulley* खिड़कीके शीशेदार लकड़ीके चौखटेकी घिरनी, चरखी; *~-tool* शीशा जड़ने या रोगन करनेके औजार या रंगसाजकी कूची, ब्रुश आदि; *~-weight* खिडकीके शीशेके चौखटे-का लटकन; *~-window* शीशेके चौखटेवाली खिड़की ।

sashed a. कमरमें पटका बाँधे हुए, दुपट्टेवाला; चौखट-दार ।

sashless a. बिना (शीशेसे जड़े हुए) लकड़ीके चौखटेका, बिना सैशका ।

sassafras n. गन्धवल्क (वृक्ष), उत्तरी अमरीकामें पाया जानेवाला छालदार पेड़; इस वृक्षका निर्यास या सत्त्व, सैसाफ्रैसका अर्क ।

Sassenach n. & a. अंग्रेज या अंग्रेजी (के लिए स्कॉट-लैण्ड और आयरलैण्डमें बोला जानेवाला शब्द) ।

sastrugis n. pl. हिमलहरियाँ ।

sat SIT का भू० कृ० ।

Satan n. पिशाचनाथ, शैतान ।

Satanic a. दैत्यवत्, दैत्यकी भाँति, पैशाचिक, पैशाची, पिशाच-सम्बन्धी, दैत्ययोग्य, शैतानी, शैतानके लायक; नृशंस, नारकीय; *~ school* बायरन, शेली आदि तथा अन्य कवि-समुदायके लिए (धर्म और आस्तिकता-विरोधीके अर्थमें पहले-पहल प्रयुक्त), शैतानी समुदाय ।

Satanism n. प्रचारित शैतानकी उपासना, शैतानकी पूजा; दुराचार, दुष्टतापूर्ण व्यवस्था, पैशाचिकता, पैशाचिक स्वभाव; नीचता, शरारत; जान-बूझकर की गयी बुराई; जान-बूझकर की गयी दुष्टता, शैतानी, पाजीपन; शैतानी मण्डल (बायरन, शेलीके कविसमुदाय) की विशेषताएँ ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

Satanist n. पिशाचवृत्ति, दुष्ट, दुष्टतासमर्थक, शैतानके स्वभाववाला, शैतानपरस्त ।

Satanize v.t. नृशंस और नारकीय बनाना, दुष्ट या दैत्यवत् बनाना, शैतान-जैसा बनाना ।

Satanology n. दैत्यिकी, पैशाचिकी, दैत्यविज्ञान, दैत्यशास्त्र, पिशाचविज्ञान, पिशाचशास्त्र, पिशाच-विद्या, भूत-विद्या, प्रेत-विद्या ।

satara n. सतारा, सतारा ऊन (भारतीय नगर सतारा-से प्राप्त उत्तम प्रकारका ऊन); ऊना कपड़ा ।

satchel n. छोटा थैला, (चमड़े आदिका) बस्ता ।

satchelled a. बस्तेमें बन्द, थैलेवाला, बस्तेवाला ।

sate v.t. तृप्त करना, छकाना, अघाना, अफराना; (इच्छा या इच्छुकको) परिपूर्ण करना, तुष्ट करना, प्रसन्न करना, संतृप्त करना, परितुष्ट करना, परितृप्त करना, सन्तुष्ट करना, पूर्णतः कर देना, पूरा करना; अत्यधिक भोजन कराना, बहुतायतसे छका देना, जी भर देना, उबा देना; *~d with* अतितृप्त, छका ।

sateen n. वानकांशुक, नकली साटिन, सूत या ऊनका चमकदार चिकना कपड़ा ।

sateless a. अतृप्त, तृप्तिहीन, असन्तुष्ट, न छकनेवाला ।

satellite n. (प्रायः ला०) उपग्रह; उपांश; अनुषंगी, अनुयायी, अनुगामी, अनुचर, पीछे चलनेवाला, पिछलग्गू; अधीनस्थ, सहायक, नीचे काम करनेवाला, मुलाजिम, मुसाहिब; आश्रयप्राप्त व्यक्ति, आश्रित व्यक्ति; भृत्य, दास, परिचारक, सेवक, नौकर, चाकर; *~ of Jupiter* उपगुरु; *~ of Mars* उपमंगल; *~ of Saturn* उपशनि; *~ state* पराधीन राज्य, नाममात्रको स्वाधीन राज्य ।

satellitic a. उपग्रह-सम्बन्धी: आनुचरिक, अनुगामी सम्बन्धी, भृत्य-विषयक, सेवकीय, नौकर-चाकर सम्बन्धी; पार्श्ववर्ती: (गुण०) हीन, लघु, निम्न, तुच्छ, गौण, छोटा ।

satellitism n. पारस्पर्य, पारस्परिकता, आपसीपन ।

sati n. सती, पाक दामन ।

satiable a. (क्र०) तृप्य, तोषणीय, परितोषणीय, सन्तोषणीय, सन्तुष्ट किया जाने योग्य, सीर होने लायक (*~ wants*) ।

satiate, -ed aa. पूर्णतृप्त, अतितृप्त, परितृप्त, परिपूर्ण, परितुष्ट, सन्तुष्ट, परिपूर्णकाम, छका हुआ, भरपूर, पेट भरा हुआ, आसूदा ।

satiation n. तृप्ति, परितृप्ति, सन्तुष्टि, परितुष्टि, सन्तोष, परितोष, छकाव, आसूदगी ।

satiety n. परितृप्ति, अतितृप्ति, सन्तुष्टि, परितोष, वितृष्णा, अतितृप्तिकी अवस्था; परिपूर्णता, परिपूर्त्ति, अतिभोजन, अधिकताके कारण ऊब, छकाव, अफरा, बेजारी; (क्व०) प्राचुर्य, प्रचुरता, विपुलता, बाहुल्य, बहुलता, अत्याधिक्य, कसरत, इफरात, बहुतायत ।

satin १. n. चीनांशुक, कांशुक, तानकांशुक, रेशमी कपड़ा, अतलस, साटन (*~ paper, sheeting*); २. v.t. कागजको चिकना करना, चमकीला बनाना; ३. a. नर्म, मुलायम, चिकना, एकसा (साटनकी तरह); *~ beauty, carpet* एक प्रकारके पतंगे, परवाने; *~ cloth* साटन, साटन कपड़ा, पशमी कपड़ा; *~ finish* एक तरहकी पालिश; *~-flower* एक प्रकारका पौधा; *~ gypsum* मोतीकी-सी चमकवाली एक प्रकारकी सेलखड़ी; *~-spar* सिलखड़ी, चूनेका तन्तुमय (रेशेदार) कार्बोनेट; *~-stitch* कांशुकसीवा; बेलबूटेके काम या ऊनके काममें ऐसा कसीदा (जो साटन-जैसा मालूम पड़े); *~-stone* मोती-जैसी चमकवाली रेशेदार सेलखड़ी; *~ or white ~* (आ०) यवमद्रिरा, जौकी शराब ।

satinet n. मृदु कौशेय, मुलायम रेशमी वस्त्र, मुलायम साटन ।

satinette n. बनावटी अतलस, नकली साटन; पालतू कबूतरोंकी एक जाति ।

satiny a. चीनांशुकी, अतलसी, साटनी, साटनका ।

satire n. प्रहसनकाव्य, विद्रूपात्मक साहित्य, व्यंग्य-साहित्य, व्यंग्यलेख, व्यंग्योक्ति, व्याजोक्ति, उपहासपूर्ण कृति, हजो; (रोमन पुराण) काव्यात्मक व्यंग्य, काव्यात्मक सम्मिश्रण, व्यंगकाव्य; उपहास, व्यंग्य, अवहास, मजाक (*our lives are a ~ upon our religion*); किसी (बुराई या मूर्खताको प्रकट करने तथा रोकनेके लिए) भाषण या लेखनमेंका उपहास, आक्षेप, व्यंगोक्ति आदिका प्रयोग, निन्दाख्यान, निन्दोपाख्यान, अपालम्भ, व्याज-स्तुति, कटूक्ति, ताना, फबती ।

satiric a. प्रहसनात्मक, विद्रूपात्मक, व्यंग्यात्मक, व्यंग्यपूर्ण, व्यंग्यकारक, व्यंग्यविषयक, उपहासात्मक, उपहास-सम्बन्धी, साक्षेप, निन्दात्मक, निन्दापूर्ण, उपहास-पूर्ण, हास्यलेखक, प्रहसनकारी, हजोनवीस, हजो या लिखनेवाला (*~ poem, writer*) ।

satirical a प्रहसनशील, व्यंग्यभाषी, व्यंग्यप्रिय, अवहासात्मक, प्रहसनप्रिय, उपहासप्रिय, उपालम्भप्रिय, व्यंग्यप्रिय, तानबाज; मृदुनिन्दाभाषी, हास्यप्रिय-दोष-दर्शी, व्याजस्तुतिकारी, हँस-हँसकर आलोचना करने-वाला ।

satirically adv. व्यंग्यपूर्वक, उपहाससहित, निन्दा-पूर्वक, प्रहसनके साथ, तानेसे, फबती कसते हुए ।

satiricalness n. व्यंग्यभाषिता, व्यंग्यप्रियता, उपा-लम्भप्रियता, उपहासमयता, प्रहसनशीलता, प्रहसन-पूर्णता, तानेबाजी ।

satirist n. प्रहसनप्रिय व्यक्ति, व्यंग्य करनेवाला, आक्षेपवादी, निन्दक, निन्दाभाषी; व्यंग्य-काव्य-लेखक ।

satirize v.t. हास्यपूर्ण आलोचना करना, व्यंग्यप्रहार करना, व्यंग्यकी चोट करना, व्यंग्यकाव्यकी रचना करना, व्यंग्य करना या लिखना, तानेबाजी करना, हँसा हँसीमें तीखी बात कहना, निन्दागर्भ बात लिखना, निन्दा करना, हजो लिखना; विद्रूपात्मक शैलीमें वर्णन करना, व्यंग्यात्मक ढंगसे वर्णन करना, निन्दात्मक शैलीमें कहना, तानेबाजीके साथ बयान करना ।

satisfaction n. तुष्टि, तृप्ति, संतृप्ति, शान्ति, समाधान, परितोष, सन्तोष, सन्तुष्टि, परितुष्टि, इच्छातृप्ति, इच्छापूर्ति,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

इच्छानिवृत्ति, निवृत्ति; तृप्तिदायक वस्तु, सन्तोषप्रद वस्तु, सुखद वस्तु; क्षतिपूर्ति, पलटा, बदला, एवज, मुआवजा; (ईसा०) अनुताप, प्रायश्चित्त, आत्मशोधन (*Christ is the ~ for our sins*); संशयच्छेद, समाधान; साधना, तपस्या; कर्त्तव्यपालन, दायित्वपूर्ति, जिम्मेदारीका पालन, फर्ज पूरा करना; निस्तारण, निराकरण, ऋणमुक्ति, ऋण निष्कृति, ऋणभुगतान, चुकाव, निपटाव, भुगतान, भरपायी, अदायगी, बेबाकी (*~ of a decree*); (कुश्तीमें) पकड़ लेनेका अवसर, मौका, चांस (*give, demand, ~*); *find ~ in* किसी वस्तुसे सान्त्वना प्राप्त करना; *to the ~ of* किसीके सन्तोषके अनुरूप, इत्मीनानके लिए; *if you can prove it to my ~* प्रमाणसे यदि मुझे सन्तोष दिला सको।

satisfactoriness n. सन्तोषप्रदता, परितृप्ति, संतोष, सान्त्वना, आशाप्रदता, इच्छापूरकता, तसल्ली, इत्मीनान; प्रायश्चित्तशीलता, प्रायश्चित्तकरता; पर्याप्ति, यथेष्टता।

satisfactory a. सन्तोषप्रद, सन्तोषद, सन्तोषदायक, सन्तोषजनक, तुष्टिप्रद, आशाप्रद, इच्छाप्रद, तुष्टिकर, तृप्तिकर, तृप्तिदायक, मनचीता, सान्त्वनीय, तसल्ली देनेवाला, इत्मीनानबख्श; पर्याप्त, यथेष्ट, काफी (*~ manner, ~ proof*); विश्वासप्रद, संशयोच्छेदक, संशय-निवारक, समाधानकारी, बिना शिकायतका; (धर्म०) धर्मके लिए प्रायश्चित्त करनेवाला, प्रायश्चित्तकर, प्रायश्चित्तकारी, प्रायश्चित्तशील।

satisfiable a. तोषणीय, परितोषणीय, सन्तुष्टियोग्य, सन्तोष देने लायक; समाधेय, समाधानीय, मानने योग्य, समझमें आने लायक; विश्वसनीय; (अभाव) निवारणीय, (भूख) शान्त करने योग्य; स्वीकार्य, प्रेय, तृप्तियोग्य, आशाके योग्य; प्रायश्चित्त करने योग्य; पालनीय; चुकाने योग्य, भुगतानके योग्य।

satisfier n. सन्तोषक, सन्तोषदाता, परितर्पक, पूरा करनेवाला, परितृप्त करनेवाला।

satisfy v.t. & i सन्तुष्ट करना, सन्तोष देना, सन्तोष प्रदान करना, परितृप्त करना, पूर्ण रूपसे तृप्त करना, इच्छापूर्ति करना, मनाना, तसल्ली देना; सन्तुष्ट होना, तृप्त होना, प्रसन्न होना, खुश होना, राजी होना; पर्याप्त समझना, यथेष्ट समझना, और अधिककी माँग न करना, बहुत काफी समझना, और ज्यादा न चाहना; इच्छाओंकी पूर्ति करना, आशाओंको पूरा करना, उम्मीद पूरी करना; विचारके अनुकूल आना, किसीकी धारणा या पूर्व अनुमान आदिके अनुकूल होना, ठीक पड़ना; पर्याप्त समझना; (pass.) अच्छी मान ली जाना, ठीक समझी जाना, पसन्द आना (*~ the examiners* विश्वविद्यालयोंमें केवल उत्तीर्ण हो जाना, सन्तोषप्रद समझा जाना); सन्देह दूर करना, प्रार्थना पूरी करना, शर्तोंको पूरा करना; समाधान करना, यथेष्ट प्रमाण प्रस्तुत करना, आवश्यक तर्क उपस्थित करना, विश्वास दिलाना, समझाना, मनाना, समझमें बैठाना; अभावकी पूर्ति करना, क्षुधा शान्त करना, पर्याप्त रूपमें भोजन देकर भूख मिटाना, सामग्री देकर कमीसे छुटकारा दिलाना, कमी पूरी करना, प्यास बुझाना; निस्तारण करना, ऋण चुकाना, निपटाना, भुगतान करना, कर्ज चुकाना, कर्ज अदा करना, पैसा लौटा देना; मनुष्यके पापोंके लिए (उसका) प्रायश्चित्त करना; माँग पूरी करना; कर्त्तव्यपालना, जिम्मेदारी पूरी करना, फर्ज अदा करना।

satisfying a. सन्तोषप्रद, सन्तोषजनक, तुष्टिकर।

satrangi n. सतरंगी, बंगाली चादर।

satrap n. (आजकलके) उपशासक, क्षत्रप, उपराजा, राज्यपाल, गवर्नर आदि; (प्राचीन फारसके साम्राज्यमें) प्रान्तका प्रान्तपति, राज्यपाल, क्षत्रप, विषयपति, मण्डलेश, सूबेदार, वाइसराय, गवर्नर।

satrapal a. औपनिवेशिक, क्षत्रपीय, क्षत्रप-विषयक, उपराजा-विषयक, राज्यपाल-विषयक, विषयपति-विषयक, मण्डलेश-सम्बन्धी, सूबेदारका, गवर्नरका।

satrapy n. पारसी राज्य या राज्यपद।

Satsuma n. (*~ ware* भी) हलके पीले रंगके जापानी मिट्टीके बर्तन।

saturability n. अनुवेध्यता।

saturable a. अनुवेध्य, संसिक्त करने योग्य, तर करने योग्य, भरने योग्य, रँगने योग्य; सन्तृप्ति योग्य; अवशोषणीय।

saturant[1] n. क्षार-छीवक पदार्थ, अम्ल-छीवक वस्तु; अलकली या तेजाबको खपानेवाला पदार्थ।

saturant[2] a. अनुवेधक, संसिक्त करनेवाला, तरबतर करनेवाला, सराबोर करनेवाला।

saturate[1] v.t. संसिक्त करना, भिगोना, पूर्णतः सिक्त करना, तर करना, तरबतर करना, शराबोर करना; रंजित कर देना, रंग देना; आपूर्ण करना, परिपूर्ण करना, लबालब भरना, पूरी तरह भरना; (रसा० आदि) किसी पदार्थ, वायु, भाप, धातुको आविष्ट करना या खपा लेना, अवशोषित कराना या बनाना; (लक्षित क्षेत्र या रक्षित सेनाओंको) निरन्तर बम गिराकर ध्वस्त करना, बमबारी, मटियामेट करना।

saturate[2] a. (काव्य०, रंगके अतिरिक्त) संसिक्त, भीगा; आपूर्ण, परिपूर्ण, भरा हुआ।

saturated p.p. अतिसिक्त, तरबतर, सराबोर; परिपूर्ण, भरपूर, भरा हुआ; सन्तृप्त; बिना सफेदीके, गहरा, गाढ़ा (रंग); आक्रान्त; अनुविद्ध (*~ atmosphere, solution*)।

saturation n. अतिक्लेद, अतिसेक, भिगोना; परिपूर्ण, परिपूर्णता, सन्तृप्ति, सन्तृप्तीकरण, भराई; रँगना; बमों द्वारा ध्वंस, विनाश;
~ content, ~ current, ~ humidity, ~ point.

saturator n. अतिसेक-यन्त्र, अतिसेचक यन्त्र, सम्पृक्ति यन्त्र, सैटयूरेटर।

Saturday n. सप्ताहका सातवाँ दिन, शनि, शनिवार, शनैश्चर, सनीचर।

Saturn n. शनिश्चर, शनैश्चर, शनि ग्रह; (रोमन पुरा०) कृषिका देवता।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

Saturnalia n. (प्राचीन रोमवालोंका) शनि देवताका (दिसम्बर मासका) उत्सव, शनिमहोत्सव (बड़े दिनके आमोद-प्रमोदका यह पूर्वरूप है); (*s*~) असंयत या कोलाहलपूर्ण आमोद-प्रमोदका दृश्य या समय; *a* ~ *of crime* अपराधकाल, अपराधका युग।

saturnalian a. क्रीड़ातत्पर, आमोदप्रिय, व्यभिचारासक्त, विलासी; आमोद-प्रमोद या विलासके युगसे सम्बन्धित।

Saturnian १. n. (pl.) शनिपथ, शनिछन्द; शनिग्रहवासी; २. a. शनिश्चरी, शनिदेवता-सम्बन्धी या शनिग्रह-विषयक; ~ age स्वर्णकाल, स्वर्णयुग, सुनहरा जमाना; ~ metre, ~ verse शनिपद्य या शनिछन्द।

saturnine a. विषण्ण और मन्द आकृतिका, मन्दप्रकृति, खिन्नप्रकृति, जड़प्रकृति, उदास और सुस्त स्वभावका, वेमन, मुर्दादिल, मनहूस शक्लका, गमगीन; सीसेके विषसे ग्रस्त, सीसेके विषका, सीसेके जहरसे प्रभावित (~ *patients*); सीसेका (*a* ~ *poultice*)।

saturnism n. सीस-विषमिश्रण, सीसेसे विषाक्त करना।

saturnist n. विषण्ण व्यक्ति, मन्दाकृति व्यक्ति, खिन्न पुरुष, उदास व्यक्ति, सुस्त आदमी, मुर्दादिल आदमी, वेमन आदमी, मनहूस आदमी, गमगीन आदमी।

satyagraha n. सत्याग्रह।

satyr n. (क्व०) वनमानुस; अतिकामुक मनुष्य, विलासी, पशुप्रवृत्ति, पाशविक वृत्तिवाला; वनदेवता, अजदेवता, ग्रीकदेवताओंमेंसे घोड़ेके कान और पूँछवाला मनुष्यके आकारका वन्यदेवता या आधे मनुष्य आधे बकरेके आकारका देवता।

satyriasis n. अति कामेच्छा, अति कामुकता, अति लम्पटता, अति भोगेच्छा, भोगोन्माद।

satyric a. वनदेवता-विषयक, अजदेवता-सम्बन्धी।

satyrism n. अति कामुकता, अति कामेच्छा, अति लम्पटता, भोगोन्माद, अति सहवास, अति रति।

satyromaniac a. अति कामुक, अति कामी, अति लम्पट, अति भोगी, अति सहवासी, अति रतिप्रिय।

sauce १. n. (ला०) उत्तेजनाप्रद वस्तु, उत्तेजित करनेवाली चीज: कटुता, कड़ुवापन, चरचरापन (*is tame without the* ~ *of danger*); रोचनी, चटनी; (किसी वैज्ञानिक प्रयोगमें काम आनेवाला) नमक या दूसरे तत्त्वोंका घोल; अनादरपूर्ण भाषण, औद्धत्यपूर्ण कथन, निर्लज्जता एवं अविनयपूर्ण व्यवहार, अनुशासनहीनता, धृष्टता, ढिठाई, बेअदबी, गुस्ताखी, शोखी (*none of your* ~ !); २. v.t. मसालेदार बनाना, नमक-मिर्च मिलाना, चटनी मिलाना; (ला०) स्वादिष्ट बनाना, चरपरा बनाना, चटपटा बनाना, मजेदार बनाना, जायकेदार बनाना; (अशिष्ट) निर्लज्ज होना, ढीठ होना, ढिठाईसे सम्बोधन करना, बेअदब होना; ~-boat चटनीदानी, चटनी परोसनेका बर्तन; ~box धृष्ट व्यक्ति, ढीठ आदमी; ~pan डेकची, सॉसपॉन, भोजन पकानेका एक ढक्कनदार बर्तन; *serve with the same* ~ एक ही प्रकारका व्यवहार करना, सबको एक लाठीसे हाँकना; *what is* ~ *for the gander is* ~ *for the goose* जो बीबीको सुहावै वही मियाँको भावै।

saucer n. शरावक, शराविका, पात्री, चायकी तश्तरी, रकाबी, प्लेट; पिरच; गमलादान, गमलेके नीचे रखनेकी तश्तरी; ~ eye (रकाबीकी शक्लकी) बड़ी और गोल आँख: ~-eyed गोल और बड़ी आँखवाली।

saucerful n. तश्तरीभर, रकाबीभर।

saucerless a. शराविकाहीन, बेतश्तरी, बिना रकाबीके।

sauciness n. उद्दण्डता, अविनय, अहंकार, धृष्टता, निर्लज्जता, ढिठाई, बेअदबी, गुस्ताखी; स्फूर्ति, सजीवता, चुस्ती, फुर्तीलापन, तेजी, शौकीनी।

saucy a. उद्दण्ड, अविनीत, अहंकारी, धृष्ट, निर्लज्ज, उद्धत, उच्छृंखल, अनुशासनहीन, प्रगल्भ, ढीठ, मुँहफट, दिलेर, बेलगाम, बेअदब, गुस्ताख, शोख; (ग्रा०) स्फूर्तिवान्, सजीव, सक्रिय, क्रियाशील, चुस्त, फुर्तीला, तेज, चंचल, चालाक, जिन्दादिल, शौकीन।

saul n. SAL.

sault n. (कनाडाकी नदीमें) द्रुतवाह, प्रपात; उछाल।

Saumur n. सोमरस, फ्रांसीसी शराब।

saunders n. रक्तचन्दन, लाल चन्दन, देवीचन्दन।

saunter १. n. निश्चिन्त गति, मन्द परिक्रमण, व्यर्थ भ्रमण, निरुद्देश्य भ्रमण, मनमौजी चाल, मटरगश्ती, आवारागर्दी; २. v. i. परिभ्रमण करना, मन्द-मन्द परिक्रमा करना, निरुद्देश्य घूमना, धीरे-धीरे टहलना, इधर-उधर फिरना, मस्तीसे घूमना, सैर करना, बेकार फिरना, रमते फिरना, आवारा घूमना, जगह-जगहकी खाक छानना, मटरगश्ती करना (ला० भी); ~ *through life* जीवनके दिन काटना, जिन्दगी बसर करना।

saunterer n. व्यर्थ परिभ्रमणकारी, निरुद्देश्य घुमक्कड़, धीमे धीमे चहलकदमी करनेवाला, मटरगश्ती करनेवाला।

saurian n. & a. एक प्रकारकी सॉरिया (*sauria*) या रेंगनेवाले जानवर, छिपकली, मगर आदिकी एक जाति (सम्बन्धी)।

sauroid n. & a. छिपकली या उसकी जातिके जन्तु (से सम्बन्धित)।

saury n. छिपकली-मछली।

sausage n. गोश्तभरी मसालेदार जानवरकी आँत, एक तरहका मांसका कबाब, लँगोचा, गुलमा; ~-machine गुलमा भरनेका यन्त्र, मशीन; ~-meat गुलमेमें टुकड़े-टुकड़े या मसाले लगाकर भरा जानेवाला मांस और डबलरोटी; ~ roll गोश्त भरा गुलमा।

saute a. वसाभूर्जित, चर्बीमें भूना हुआ।

Sauterne n. एक प्रकारकी मीठी सफेद फ्रांसीसी शराब।

savable a. संरक्षणीय, रक्षणीय, बचानेके योग्य, बचा रखने लायक।

savableness n. रक्षणीयता, संरक्षणीयता, बचाये जानेकी योग्यता, बचा रखनेकी स्थिति।

savage १. n. बर्बर मनुष्य, अशिष्ट या असभ्य जन, राक्षस, नरपशु, जंगली खूँख्वार आदमी, जंगली

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

कबीलेका आदमी; २. v.t. बर्बर होना या बनाना; (घोड़ेका किसीको) गिरा देना या कुचल डालना (*was ~ed by his horse*); ३. a. अशिष्ट, असभ्य, असंस्कृत, अक्खड़, गँवार (*~ life, tribes*); (प्रा०) अनुन्नत, अविकसित, वन्य, बनैला, जंगली, वहशी (*a ~ scene*); (बोल०) कुपित, क्रुद्ध, क्रोधी, नाराज, गुस्से; (अप्र०) नग्न, नंगी (मनुष्यकी आकृति); नृशंस, निष्ठुर, क्रूर, दारुण, प्रचण्ड, हिंस्र, अकरुण, निर्दय, बर्बर, भीषण, भयंकर, भयावना, डरावना, खूनी (*~ persecution*)।

savagedom n. वन्य शासन, जंगली जातिका राज्य; असभ्यावस्था।

savageness n. असंस्कृति, असभ्यता; वन्यावस्था, जंगलीपन, निर्दयता, प्रचण्डता, भीषणता, बेरहमी, वहशीपन।

savagery n. असंस्कृत आचरण, असभ्य व्यवहार, वन्याचरण, बर्बर बर्ताव; निष्ठुरता; वहशीपन।

savagism n. =SAVAGERY.

savanna(h) n. वृक्षहीन स्थली, बिना पेड़ोंका मैदान, तृणस्थली, घासका मैदान।

savant n. बुधजन, प्राज्ञ, विद्वान्, पण्डित, ज्ञानी।

savate n. (फ्रांसीसी) मुष्टियुद्ध, बॉक्सिंग; पादप्रहार।

save[1] १. n. (ताश या ब्रिजमें) बचावका उपाय या तरीका (जिससे बड़ी हारोंको रोका जा सके); (फुटबॉल) विपक्षी खिलाड़ियोंको गोल करनेसे रोकनेका काम, मुठभेड़; २. v.t. & i. संचय करना, संचयन करना, मितव्ययिताके साथ व्यय करना, मितव्ययितासे या किफायतके साथ रहना, धन बचाकर रखना, व्यय न करना, बचा लेना, आगेके लिए बचाये रखना, बचत करना, रख लेना, जमा करना, खर्च करनेसे मुँह मोड़ना (*has never ~d*); (संकट, दुर्भाग्य, क्षति या बदनामीसे) उद्धार करना, त्राण देना, मुक्त करना, छुटकारा देना, निजात देना (*~ me*); सुरक्षित रखना, रक्षा करना, बचाना, छुड़ाना; (फुटबॉल आदि) विपक्षियोंको गोल बनानेसे रोकना, भिड़ जाना; आरक्षित करना, संरक्षित करना, बन्धन लगाना, रोक रखना, शर्त करना; धन व्यय करनेकी आवश्यकतासे (किसी व्यक्तिको) बचाना, खिन्नता या प्रतिक्रियासे बचाना, कष्टसे छुड़ाना, आवश्यकताका निवारण करना, आवश्यक धनको घटाना, जरूरतसे बचाना, जरूरत पूरी करना (*that will ~ me £ 50*); अनन्त नारकीय यातनासे छुड़ाना, आध्यात्मिक मुक्ति दिलाना, मोक्ष दिलाना, अभिशापसे मुक्त कराना (*who then can be ~d ?*); (part.) पापसे उद्धार करना; क्षतिपूर्ति करना (*has the ~ing grace of humour*); हस्तगत करनेमें सफल होना, समयपर जा लेना, जाने न देना, हाथसे निकलने न देना, ठीक वक्तपर जा लेना, ग्रहण करना, पकड़ना, पाना (*shall we ~ the tide ?*); *~-all* शमादान (जिसमें मोमबत्ती आखिर तक जल सके); *~ appearances* निर्वाह करना, निबाहना; *~ the follow-on* (क्रिकेटमें) प्रतियोगीकी लगातार पारी रोकना, दोहरी हार रोकनेका उपाय करना; *~ the situation* आये हुए संकटका निवारण करना, कठिनाईमेंसे रास्ता ढूँढ़ निकालना, आई बला टाल देना; *~ up* (किसी कार्यके लिए) धन एकत्र करना; *~ us* भगवान् बचाये (विस्मयसूचक)।

save[2] १. prep. किन्तु, बिना, सिवाय, छोड़कर, साथ ही, अलावा (*all ~ him*); २. conj. (प्रा०) इसके अतिरिक्त कि, जब तक कि, जब तक कि न (*thou seest no beauty ~ thou make it*); *~ in such cases* ऐसे मामलोंको छोड़कर।

saveloy n. बहुत ही मसालेदार सुखाया हुआ कबाब, गुलमा या लँगोचा।

saver n. (संकट, क्षति आदिसे) रक्षक, रखवारा, रखवाला, बचानेवाला; मितव्ययी, बचाके रखनेवाला, बचत करनेवाला, कंजूस; उद्धारक, मोक्षदाता, आध्यात्मिक मुक्तिदाता, त्राणकारी; निस्तारकर्ता; किसी कमीसे छुड़ानेवाला; आवश्यक रकमको घटानेवाला।

saving १. n. रक्षण, व्यावृत्ति, संचय, संचित धन, बचत, किफायत; *~ fund* बचत खाता; *~s-bank* संचय अधिकोष, बचत बंक, सेविंग्स बैंक; २. a. संचयी; *~ clauses*, *~ game*, *~ provision*, *~s account*, *~s bank deposit*, *~s bank pass book*, *~s bureau*, *~s certificate*, *~s clause*, *~s committee*, *~s deposit*; *~s group*, *~s plan*.

saviour n. राष्ट्रपिता, राज्योद्धारक, राज्यरक्षक, राज्यको संकटसे बचानेवाला, विनाशसे उद्धार करनेवाला; त्राता, परित्राता, त्राणकर्ता, उद्धारक, उद्धारकर्ता, तारक, मोक्षदाता, मुक्तिदाता; the, our, S~ ईसामसीह।

savonette n. प्रसाधन साबुन।

savory n. पुदीने-जैसी एक वनस्पति।

savour n. संकेतात्मक गुण, व्यंजनात्मक गुण, दर्शनीय सम्मिश्रण, सन्देह, दुविधा, स्वाद, रुचि, रस (*a not unpleasing ~ of preciosity*); (अब क०) स्वादको प्रभावित करनेवाली गन्ध, वास, महक, खुशबू; (शा० एवं ला०) आनन्द, भोजनसुख, रस, विशेष स्वाद, मजा, जायका; प्रसिद्धि; २. v.t. & i. (क०) स्वादिष्ट बनाना, सुगन्धित करना, स्वाद बनाना, सरस करना; मसाला डालना; (प्रा०) (शा० एवं ला०) प्रशंसा करना, तारीफ करना; अच्छा लगना, समझना, देखना, भाँपना; स्वाद लेना, चखना, मजा लेना; स्वाद या गन्धका आभास देना, गन्ध आना, लगना (*the offer ~s of impertinence*); सम्मति देना, राय देना।

savouriness n. सलवणता, लवणमयता, लवणयुक्तता, नमकीनपन, चटपटापन, मसालेदार होना; सुरभिपूर्णता, सुगन्धिता, मनोहर गन्धयुक्तता, खुशबूदारी; स्वादिष्टता, रुचिकरता, स्वादुता, स्वादयुक्तता, रसपूर्णता, रसीलापन, मजा।

savourless a. लवणहीन, नमकीनपन-रहित, चटपटापन-रहित, मसालारहित; सुरभिहीन, सुगन्धिहीन, खुशबू-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

विना; स्वादहीन, रुचिकरतारहित, स्वादुताविहीन, रसीलेपनसे रहित।

savourous a. स्वादिष्ठ, स्वादु, स्वादयुक्त, रोचक।

savoury १. n. एक प्रकारका नमकीन खाद्य; २. a. नमकीन, चटपटा, मसालेदार (खाद्य) (*sweet or ~ omelette*); सुरभिपूर्ण, सुगन्धित, मनोहर गन्धयुक्त, सोंधा, खुशबूदार; स्वादिष्ठ, रुचिकर, स्वादु, स्वादयुक्त, सरस, सुरस, रसपूर्ण, रसीला, मजेदार, जायकेदार, रसदा; क्षुधावर्धक; दुर्गन्धरहित, दुर्गन्धमुक्त, निर्गन्ध, बदबूसे खाली (स्थान आदि)।

savoy n. झुर्रीदार पत्तियोंवाली एक प्रकारकी बन्द गोभी, करमकल्ला।

savvy[1] n. चातुर्य, चतुरता, चतुराई, होशियारी; योग्यता, बुद्धिमत्ता, समझ।

savvy[2] v.t. & i. अवधृत करना, समझना, जानना, दिलमें बैठा लेना।

saw[1] १. n. करपत्र, आरा, आरी; (जन्तु०) दाँतेदार अंग या अवयव; २. v.t. & i. आरा चलाना, आरेसे लकड़ी चीरना, पटिया आदि बनाना, तख्ते चीरना, आराकशी करना; आरा चलानेवालेकी भाँति हवामें हाथ चलाना, आगे-पीछे चलाना या चलना; सुगमतासे या बुरी तरहसे चीरा जाने देना; (जिल्दसाजी) चीरा देना, छेद करना; ~-bones (ग्रा०) शल्यशास्त्री, जर्राह, सर्जन; ~dust क्रकचचूर्ण, काष्ठधूलि, लकड़ीका बुरादा; (*let the ~dust out of* ला०, मिथ्याचरित्र और बहानेबाजीका उद्घाटन करना, जाहिर कर देना); ~fish क्रकचमत्स्य, आरा मछली, दाँतेदार थूथनवाली एक मछली; ~mill क्रकचालय, आराघर, चिराईघर; क्रकच-यन्त्र, चीरनेका यन्त्र, लकड़ी चीरनेकी मशीन; ~-pit क्रकच-गर्त, आरेका गड्ढा;

~ blade, ~ doctoring, ~ dust, ~-edged, ~-fly, ~-frame, ~-gimned cotton, ~-log, ~-mill clerk, ~-mill engineer, ~-mill layout, ~-mill manager, ~-mill site, ~ palmetto, ~ set, ~ shark, ~ sharpener, ~ tooth, ~-toothed.

saw[2] n. प्राचीन सूक्ति, प्रवाद-वाक्य, कहावत, मसल (प्रायः *wise or old ~*)।

sawder १. n. सन्धा, टाँका, राँगा, झाल, धातु जोड़नेका मसाला; चापलूसी; soft ~ चाटूक्ति, चाटुकारिता, चापलूसी, मक्खन लगाना; २. v.t. चापलूसी करना।

sawn a. क्रकचित, चिरी हुई (*~ timber*)।

Sawney n. बुद्धू, मूर्ख-सा, सीधा-सादा; स्कॉटलैण्ड-वासीका (अपनाम)।

sawyer n. क्रकचचालक, आराकश, आरा चलानेवाला; घुन, लकड़ीको कोलनेवाला कीड़ा; (अमरीकामें) जड़से उखड़कर नदीमें उतराता हुआ पेड़।

sax n. (स्लेट बनानेका) रन्दा।

saxatile a. चट्टानी, पथरीला, पहाड़ी।

saxe n. एक प्रकारका फोटोग्राफीका कागज, फोटो-पेपर।

saxhorn n. तुरही-विशेष, बिगुल; पीतलका सात साइजोंमें बना हुआ बाजा।

saxicavous a. प्रस्तरच्छेदी, पाषाणच्छेदी, शिलाछेदी, पत्थरमें बोरिंग करनेवाला।

saxicolous a. प्रस्तररुह, शिलारुह, पाषाणरोही, पत्थरपर उगनेवाला।

saxifrage n. पाषाणभेद; आल्प्स पर्वत या चट्टानमें पाया जानेवाला एक पौधा।

Saxon १. n. अँग्रेजी भाषामें टयूटानिक तत्त्व; आधुनिक सैक्सोनी प्रदेशका निवासी; उत्तरी जर्मनीके ट्यूटानिक लोगोंमेंसे कोई एक व्यक्ति या उनकी भाषा, सैक्सन; २. a. सैक्सनोंसे सम्बन्धित, सैक्सनका।

Saxondom n. सैक्सन आधिपत्य, सैक्सनराज्य।

Saxonism n. सैक्सनवाद (भाषा, जाति, कला आदिके सम्बन्धमें)।

Saxonist n. सैक्सन भाषाविद्, सैक्सनवादी।

Saxonize v.t. & i. सैक्सन होना या सैक्सन बनाना।

saxony n. उत्तम प्रकारकी ऊन, बढ़िया ऊन; बढ़िया ऊनके बने हुए वस्त्र।

saxophone n. रणमुरली; कई साइजोंका पीतलका बाजा, बिगुल।

saxophonist n. तुरहीवादक, बिगुल बजानेवाला।

saxtuba n. शहनाई।

say[1] n. (अब क्वचित्) बढ़िया सर्ज-जैसा कपड़ा।

say[2] n. कहनेका अवसर; निवेदन, उक्ति, कथन, मत, विचार, बयान, कहावत, बात, कहना (*~ your ~*)।

say[3]* v.t. & i. उच्चारण करना, बोलना, मुँहसे शब्द निकालना, मुँह खोलना, ओठ खोलना, कहना*; पाठ करना, साधारण बोलनेकी ध्वनिमें दुहराना; (अपना मत देते हुए) कहना, (विशिष्ट रूपसे) टिप्पणी देना; प्रयोग करना, पूर्वाभ्यास करना; प्रतिज्ञा करना, वचन देना, वादा करना; वर्णन करना, बताना, बयान देना (*he ~s that all men are liars*); भविष्य बताना, भविष्यवाणी करना, आगेकी कहना; निश्चय करना, दावा करना; व्याख्यान देना, भाषण देना; वार्तालाप करना, चर्चा करना, बातचीत करना (*~ away*); अभिव्यक्त करना, प्रकट करना, भाषाबद्ध करना, शब्दोंमें बाँधना, प्रकट करना (*that was well said*); मत स्थिर करना, धारणा बनाना, राय कायम करना; मत व्यक्त करना, मत देना, निर्णय देना, सम्मति देना, विचार देना, एक बात कहना, कतई राय देना, राय प्रकट करना (*there is no ~ing*); कारण प्रस्तुत करना, तर्क उपस्थित करना, दलील पेश करना, बहाना पेश करना, वजहें बताना; उत्तर देना, जवाबमें कहना (*have you nothing to ~ for yourself?*); उदाहरणके रूपमें चुनना, कल्पना करना, किसी संख्याविशेषको ग्रहण कर लेना, मान लेना, फर्ज कर लेना; (*let us ~*); hear~ उड़ती बात, सुनी-सुनायी बात, खबर; *has said his ~* कह दिया जो उसे कहना था; *~ a good word for*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

प्रशंसा करना, सिफारिश करना; क्षमा करना, माफ करना; ~ *grace, prayer* विनय करना, प्रार्थना करना, दुआ माँगना; ~ *lesson* पाठ सुनाना, सबक सुनाना; ~ *no* निषेध करना, बरजना, न कर देना, इन्कार करना; ~ *no more* चुप रहिए, अब कुछ न कहिए, अब मत बोलिए, बस करिये; ~ *out* स्पष्ट रूपसे व्यक्त करना, पूर्णरूपेण कह डालना; ~ *something* ईशविनय करना, धर्मपुस्तकका पाठ करना; भाषण देना, बोलना; ~ *the word* आज्ञा देना, हुक्म देना; ~ *yes* स्वीकार करना, समर्थन करना, मानना, हाँ करना, हामी भरना; *that is to* ~ दूसरे शब्दोंमें; *you may well* ~ *so* आपका कहना उचित है।

saying n. (क्रियागत अर्थोंमें); लोकोक्ति, प्रवाद, सुवाक्य, संक्षिप्त एवं अर्थपूर्ण कथन, सारगर्भित उक्ति, कथन, वाणी, उक्ति, मत, वचन, सूक्ति, प्रवाद-वाक्य, कहावत, मसल (*as the* ~ *is*); *goes without* ~ निर्विवाद है, स्पष्ट है; ~ *and doing* कथन और क्रिया, कथनी और करनी; *there is no* ~ उसमें कुछ कहने-सुननेको नहीं।

Say(y)id, Said n. सैयद।

sbirro n. स्बीरो, इताली पुलिस, इताली सिपाही।

scab १. n. कच्छू, खर्जु, पामा, खुजली-जैसा चर्मरोग-विशेष; खुरण्ड, खट्ट, पपड़ी; घावके भरनेके बाद चिह्न, निशान, दाग; पौधोंका रोग-विशेष; (मजदूरसंघवादमें) हड़तालविरोधी, हड़तालमें भी काम करनेवाला मजदूर, गैरहड़तालो ⊙; हीन, अधमजन, क्षुद्र, दुष्ट, नीच, कमीना आदमी (प्रा०); २. v.i. (घावपर) पपड़ी पड़ना; पपड़ियाना; घाव भर आना, अच्छा होना।

scabbard n. असिकोष, कोष, म्यान; *fling, throw, away the* ~ किसी बातको अन्ततक निबाहनेकी प्रतिज्ञा करना।

scabbed, scabby aa. सकण्डू, कच्छुर, खर्जनमय, खर्जनयुक्त, खुजलीवाला; भरा हुआ, पपड़ी जमा हुआ (घाव); नीच, अधम, तुच्छ, कमीना।

scabbiness n. कण्डूति, कण्डूया, खर्जनमयता, खर्जनयुक्तता, खुजली, खाज; (घावका) भरा हुआ होना, पपड़ी जमा हुआ होना; नीचता, अधमता, तुच्छता, कमीनापन।

scabble v.t. मोटा काम करना, (जैसे, पत्थर इत्यादि खानसे निकालना।

scabby a. दे० SCABBED.

scabies n. कच्छू, कण्डू, खाज, खर्जु, खुजली, खारिश।

scabietic a. कण्डू-विषयक, खाज-विषयक, खर्जु-विषयक, खुजलीवाला, खारिशका; सकण्डू, खाज़युक्त, खर्जुमय, खुजलीपीड़ित, खारिशसे रुग्ण।

scabious १. n. खुजलीमार पौधा; २. a. खुजलीवाला; चर्मरोगग्रस्त, खुजलीका।

scabrescent a. (वन०) सूक्ष्मतया असम, सूक्ष्मतः विषम, हलका खुरदरा; कम काँटेदार।

scabrid a. ईषत् असम, ईषत् विषम, कुछ खुरदरा; कुछ नोकदार, कुछ काँटेदार।

scabridity n. ईषद्समता, ईषद्विषमता, कुछ खुरदरापन; कुछ नोकदार होना, कुछ काँटेदार होना।

scabrous a. (साहित्य; विषय, परिस्थिति आदि) अनिश्चित, रूखा, कठिन; दुस्तर, नाजुक; (जन्तु०, वन० आदि) असम, खुरदरा; गठीला, गाँठदार।

scabrousness n. (साहित्य) गम्भीर स्थिति, गम्भीरता, रूक्षता, रूखापन, कठिनाई, नाजुक हालत।

scaffold १. n. घातस्थान, वध्यमंच, पाशमंच, मंच, मचान, तख्ता (विशे० फाँसीका); (*the* ~ के अर्थमें भी) जल्लादके हाथोंसे मृत्यु, वध; (~*ing* के अर्थमें भी) प्रेक्षामंच, चबूतरा; (प्रायः ~*ing* के अर्थमें भी, मकान बनाने या मरम्मत करनेके लिए कारीगरोंके खड़े होनेका बल्ली और पाटियोंका बना हुआ) मचान, पाइट, पाड़; (श० र० शा०, गर्भ०; ~*ing*) ढाँचा, खाका; २. v.t. (मकानके लिए) मचान रखना, पाड़ बाँधना; the ~ फाँसीका दण्ड, फाँसी।

scaffoldage n. वध्यमंच, वधस्तम्भ, फाँसीका तख्ता; नाट्यशालाकी दीर्घा या गैलरी; मंच, पाड़।

scaffolder n. जल्लाद; पाड़ या पाइट बाँधनेवाला।

scaffolding n. दे० SCAFFOLD, समाधार, मंच, मचान, पाड़; ~-pole मचानके लिए बाँस या बल्ली।

scaglia n. ईषदरुण चूर्णप्रस्तर, अरुणाभ चूर्णप्रस्तर, गुलाबी चूनेका पत्थर; ईषच्छ्वेत चूर्णाश्म, श्वेताभ चूर्णप्रस्तर, कुछ सफेद-सा लाइमस्टोन।

scagliola n. प्लास्टरका बनावटी पत्थर।

scalable a. scale[1], [2], [3] के क्रियागत अर्थोंमें।

scalar a. = SCALARIFORM; अदिष्ट (~ *quantity*)।

scalariform a. निःश्रेणीवत्, सोपानाकृति, सोपानाकार, सोपान-सदृश, सीढ़ी-जैसा।

scalawag, scalla-, scally- n. दुष्ट, धूर्त, निर्दयी, दुर्जन, बदमाश, पाजी, गुण्डा; अकर्मण्य पुरुष, निष्क्रिय, व्यर्थका मनुष्य, नाकारा आदमी, निकम्मा आदमी; छोटा, नाटा, दुबला, पतला, कमजोर, मरियल, भूखों मरनेवाला पशु।

scald[1] १. n. द्रवदहन, गर्म पानी या भापसे झुलसना; जलन, दाह, चर्मदाह, फफोला, झलका, आबला; २. v.t. गर्म पानी, भाप आदिसे (किसी मनुष्य या उसके अंग या खालको) पीड़ा पहुँचाना, जलाना, फफोला करना, झुलसना (*was* ~*ed to death by the steam*); बर्तन आदिको खौलते हुए पानीसे धोना, साफ करना; दूधको खौलाना, उबालना; ३. a. फफोलेदार; चर्मदाह रोगी; रद्दी, मामूली।

scald[2] n. भाट, चारण, (प्राचीन स्कैण्डीनेवियाका महापुरुषोंके सम्मानमें काव्यरचना करके सुनानेवाला कवि)।

scalder n. ओषणक, बुद्बुदक, उबालनेवाला, खौलानेवाला; क्वाथभाण्ड, ओषण-पात्र, उबालनेका बर्तन; बर्तनोंको गर्म पानीसे साफ करनेवाला।

scaldic a. चारणीय, चारण-, भाटोंका।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

scaldings n. मार्गसे हट जानेके लिए चेतावनी, हट-हटकी आवाज ।

scale[1]* १. n. (सरीसृप, रेंगनेवाले जीव या मत्स्यका चर्मरक्षक सूक्ष्म किन्तु कठिन) शल्क या वल्कल, परत*, वरक, छिलका; कोंपल या उगता हुआ पंख; फूलके नीचेकी छोटी पत्ती; भूसा, छीमी; तिनली आदि कीड़ोंके रूपान्तरित बाल या रोएँ; स्तर, तह; चर्म या खालकी परत, पपड़ी, खुरण्ड; मुर्चा या जँग खाये हुए लोहेपरकी परत; दाँतपरका मैल; डेगची या इंजिनके बॉयलरके भीतर जमी हुई पपड़ी; २. v.t. & i. छिलका उतारना, छीलना, वर्क उतारना; शल्क दूर करना या अलग करना, पपड़ी उतारना, परत हटाना (~ *fish, almond, peas, teeth*); (छिलके, पर्तों आदिका) अलग होना; (खाल, धातु आदिका) हटना, उतरना, छिलना; (छाल, पर्तको) गिराना; ~-armour परतदार वख्तर; ~-board चित्र या शीशे आदिकी पीठपर लगायी जानेवाली पतली लकड़ी; ~-fern शल्कपर्ण; ~-insect खपरीदार कीड़ा; ~-moss काई-जैसी पत्तियोंवाला पौधा; ~-work परतदार बनावट, पपड़ीके ऊपर पपड़ी जमानेका काम, खपरौली तरतीब ।

scale[2] १. n. तराजूका पलड़ा; (pl.) (*pair of ~s* के अर्थमें भी) तुला, साधारण तराजू; २. v.t. (तुली हुई वस्तुका तराजूमें) भार बताना, जाँचना, कूतना, वजन बताना; (ववo) तराजूमें तौलना, वजन करना; ~-beam तुलादण्ड, डाँड़ी; ~pan तुलापात्र, पलड़ा; *hold the ~s even* निष्पक्ष निर्णायक होना, न्यायकी तुला पकड़ना; *throw sword into ~* तलवारके वलपर अपने अधिकारको पुष्ट करना; *turn the ~* मन्तव्य या परिस्थितिका निर्णयात्मक होना, पाँसा पलटना ।

scale[3]* १. n. अधिरोहिणी, सोपानपद्धति, अनुक्रम, क्रम, श्रेणी, शृंखला, माला, पंक्ति, परम्परा, क्रमिक व्यवस्था, स्तर, दर्जा, (*is high in the ~ of creation*); (संगीत) स्वरग्राम, सुरक्रम, ग्राम, प्रयुक्त सुरोंकी क्रमिक व्यवस्था, सरगम (*minor ~*); किसी मानचित्र आदिमें आपेक्षिक विस्तार, आयाम, अनुपात, लम्बाई-चौड़ाई (*a building of small ~*); (प्रायः ~ *of notation* के अर्थमें भी; संख्याके भिन्न स्थानोंकी इकाइयोंके बीचके अनुपातके द्वारा व्यक्त) अंक-क्रमका आधार, सांकेतिक चिह्नोंका क्रम, संकेतन, अंक-पद्धति, अंकश्रेणी, अनुमाप, नाप*, अंकोंका पैमाना*; नापनेको या घटाव-बढ़ावके लिए एक नियत दूरीकी रेखापर अंकित चिह्न, इन अंकित चिह्नोंके बीचकी दूरी निश्चित करनेका साधन, मापयन्त्र, मापश्रेणी, मापदण्ड, मान, मापनी, पटरी, स्केल; २. v.t. & i. मापना, सामान्य माप करना, एक-सा मानदण्ड रखना, एक-सा पैमाना रखना; समान मानवाला होना, निर्मित होना; वास्तविक विस्तारके आनुपातिक विस्तारमें प्रकट करना, प्रस्तुत करना, सामान्य क्रम (सार्वक्रम) में लघुकरण करना, घटाना; दीवाल या किसी ढालू स्थानपर सीढ़ीके सहारे ऊपर चढ़ना या कठिनाईसे चढ़ना; binary ~ द्विवर्णीक्रम, दुक्के या चौकेकी इकाइयोंका द्योतक; ordinary *or* denary *or* decimal ~ क्रमिक इकाई, दहाई, सैकड़ा आदिका सूचक माप, साधारण या दशांशिक तथा दाशमिक मान; दशांशिक क्रम जैसे, १४ = चार + दस; ~ of pay वेतन-मान; ternary ~ त्रिवर्णक क्रम; तीन और नौकी इकाइयोंका सूचक; *sink in the ~* दर्जेमें कम होना, स्तर गिरना; *to ~* वास्तविक नाप-जोखके अनुपातमें ।

scaled a. वल्कलयुक्त, शल्कयुक्त, मछलीके चमड़े-जैसा, परतदार, चमड़ेवाला ।

scaleless a. शल्करहित, शल्कहीन, बिना छिलकेका, बेपरत ।

scalene १. n. विषमबाहु त्रिभुज, रीढ़की मांसपेशी; २. a. विषमभुज, विषमबाहु; ~ triangle विषम त्रिकोण, त्रिभुज जिसकी कोई दो भुजाएँ समान न हों; ~ cone विषमशंकु, आधारकी ओर झुकी हुई धुरीवाला शंकु ।

scalenohedron n. द्वादशतल, द्वादशतल ठोस ।

scaler n. शल्कक; छिलका उतारनेवाला, पर्त उतारनेवाला, वर्क उतारनेवाला; (मछलीका शल्क, दाँतका मैल इत्यादि) दूर करनेवाला; अलग करनेवाला, उतारनेवाला, हटानेवाला; अनुपातित करनेवाला, अनुपातमें प्रकट करनेवाला; अनुक्रमबन्धक, श्रेणीबद्ध करनेवाला, शृंखला-बद्ध करनेवाला, माला बनानेवाला; आरोहक, आरोहण करनेवाला, चढ़नेवाला ।

scaliness n. शल्कयुक्तता, स्तरमयता, छिलकेदारी ।

scaling n. मापन, मापना; चढ़ना (~ *ladder*); पार करना; ~ *down* श्रेणी घटाना, मात्रा घटाना ।

scall n. (प्राo) चर्मपरके छाले, पपड़ी, खुजली; dry ~ सूखी खुजली; moist ~ अपरस, छाजन ।

scallion n. एक प्याज ।

scallop, sco- १. n. कम्बुक, एक सीपदार मछली; (~*shell* के अर्थमें भी) इस सीपका घर, घोंघेका खोल; (आधु०) छिछली कड़ाही या बर्तन; तीर्थयात्रीका बिल्ला; सीपकी कोरके अनुकरणमें कटा हुआ किनारा, कामदार, सजीली कोर, मगजी; २. v.t. कड़ाही-विशेषमें पकाना; अर्द्धवृत्ताकार रूपमें किनारे काटना, सीपके किनारे निकालना, सीपका-सा कोर सजाना ।

scalloping n. कामदार कोर काढ़ना, मगजी सजाना ।

scallywag n. दे० SCALAWAG.

scalp १. n. शिरोवल्क, कर्परावरण, शिरोस्थि-चर्म, खोपड़ीका केशयुक्त चर्म; शिरोऽग्र, मस्तक, सिरका सबसे ऊपरी भाग, खोपड़ी; बिना नीचेके जबड़ेका ह्वेलका सिर; २. v.t. मस्तक-त्वक्‌को अलग करना, सिरकी खाल उतारना, खोपड़ीकी चमड़ी उतारना; उद्दण्डतापूर्वक छिद्रान्वेषण करना, अशिष्टतापूर्वक आलोचना करना, जंगली ढंगसे नुक्ताचीनी करना; ~-lock शिखा, चुटिया; *take ~* सिर उतारना; *out for ~s* युद्धपथपर, लड़ाईके रास्तेपर; (लाo) आक्रामक या कटु विरोधपूर्ण या अशिष्टतापूर्ण मनोदशामें, झगड़ा करनेको तैयार ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

scalpel n. विच्छेदनी, शल्यचिकित्सक (जर्राह) का कलम जैसा छोटा हल्का चाकू, छुरी।

scalpelliform a. (शल्यचिकित्सक या सर्जनके) छूरेके आकारका, चाकू-जैसा।

scalper n. मस्तक-त्वक्-शल्कक, खोपड़ीकी चमड़ी उतारनेवाला; मस्तकशल्कक यन्त्र, खोपड़ीकी चमड़ी उतारनेवाला औजार।

scalpriform a. टंकाकृति, टंकाकार, छेनी-सदृश, छेनी-जैसा, रुखानी-जैसा।

scalprum n. शल्यचिकित्सक या सर्जनकी रेती।

scaly a. शल्कमय, शल्की, शल्कयुक्त, वल्कावृत, वल्की, भूसीवाला, छिलकेदार, खोलदार; पर्तदार, तहदार (~ *bark, bud*)।

scamble v.t. & i. संघर्ष करना, होड़ करना, छीना-झपटी करना, ऊधम मचाना, धक्कमधक्का करना, जल्दी मचाना; न्योछावर करना, बिखेरना, लुटाना, फेंकना; घुटनोंके बल चढ़ना, घिसट-घिसटकर चढ़ना।

scambler n. संघर्षकर्ता, लुण्ठक, होड़ लगानेवाला, छीनाझपटी करनेवाला, धक्कमधक्का करनेवाला, चुलबुला, चिलबिला, हड़बड़िया; बिखेरनेवाला, न्योछावर करनेवाला, लुटानेवाला, फेंकनेवाला; घुटनोंके बल चढ़नेवाला, घिसट घिसटकर चढ़नेवाला।

scammony n. महामुदा, एक गोंद।

scamp[1] n. धूर्त, दुष्ट, दुर्जन, शरीर, लुच्चा, बदमाश, आवारा, बदजात, (कभी-कभी प्रेमके रूपमें प्रयुक्त); कामचोर; नटखट।

scamp[2] v.t. बिना ध्यानके काम करना, अच्छे ढंगसे न करना, दिल लगाकर काम न करना, काममें मन न लगाना, लापरवाहीसे करना, बुरी तरह करना, असावधानीसे काम करना, जी चुराना, टालना, अनमने काम करना, बेगार टालना।

scamper १. n. द्रुत यात्रा, जल्दी-जल्दीका सफर; सवेग गमन, द्रुत धावन, भागदौड़, भगदड़; घोड़ेकी सरपट सवारी; सवेग पाठ, शीघ्र पाठ; २. v. i. भयभीत पशु या खेलते हुए बच्चेकी भाँति बेतहाशा दौड़ना, सिरपर पाँव रखकर भागना, जी-जान छोड़कर भागना, चम्पत होना, तेजीसे दौड़ना, काफूर होना, सटक जाना।

scampish a. थोड़ा धूर्त, दुष्ट-सा, दुर्जन-जैसा, बदमाशीकी ओर झुकाववाला।

scan v.t. & i. पिंगल या छन्द-नियमके अनुसार शुद्ध होना (*line does not* ~), लयात्मक पाठ होना (*line will not* ~); लयात्मक पाठ करना, लयपर बल देकर पढ़ना; छन्द-निर्णय करना, किसी पंक्तिके छन्दकी चरण और अक्षरोंकी संख्या देखकर परीक्षा करना, छन्द या मात्राकी परीक्षा करना; (टेलीविजन *television*) संचरणके हेतु (किसी चित्रका) उसके प्रकाश एवं छायाके तत्त्वोंमें विभेदन करना; अन्वनुलोकन करना, सूक्ष्म परीक्षा करना, ध्यानसे देखना, जाँचना, तौलना, पड़तालना; (चेहरे या क्षितिजके) सभी भागोंको देखना।

scandal n. निर्वाद, लोकापवाद, अपकीर्ति, कलंक, दूषण, आक्षेप, अपमान, अपमान-वचन, सार्वजनिक निन्दा, बदनामी, बुराई, जिल्लत (*a grave* ~ *occurred*); परिवाद, प्रवाद, अपवाद, पिशुनवाक्य, द्वेषपूर्ण वार्ता, कुत्सा, गर्हणा, निन्दा, चुगली; (कानून) सार्वजनिक अपमान, न्यायालयमें दिया गया अपमानजनक वक्तव्य, बदनामी करनेवाला बयान।

scandalize[1] v.t. नैतिक आचरणपर आघात करना, शिष्टाचार-सम्बन्धी धारणाओंका तिरस्कार करना, नैतिक भावनाओंको चोट पहुँचाना, दोषारोपण करना, निन्दा करना, अपयश फैलाना, बदनाम करना, नामको बट्टा लगाना, बुरी बात कहना।

scandalize[2] v.t. (नौवि०) पाल या बादबानके फैलावको छोटा कर लेना।

scandalled a. कलंकित, अपकीर्तित, अपभाषित, निन्दित, अपमानित; अपमानजनक, लज्जाजनक, निन्दापूर्ण।

scandalous a. दूषणीय, अकीर्तिकर, गर्हित, निन्द्य, कलंककर, निन्दाजनक, निन्दात्मक; अपवादक, परिवादात्मक, आक्षेपगर्भ; निन्दास्पद, बदनाम।

scandalousness n. कलंक, अपवादकता, निन्दात्मकता, आक्षेपगर्भता, निन्दापूर्णता, बुराई, बदनामी, थुक फजीहती, फजीहत, तौहीन।

scandent a. आरोही, चढ़नेवाला, लतर-जैसा ऊपर जानेवाला।

Scandinavian n. & a. स्कैण्डिनेविया (डेनमार्क, स्वीडन और आइसलैण्ड) का (निवासी, भाषा, परिवार)।

scandium n. (रसा०) स्तोकातु, स्कैण्डिनेवियाकी धातु।

scannable a. अन्वनुलोकनीय, सूक्ष्मपरीक्षणीय, सूक्ष्म-परीक्षा योग्य, ध्यानसे देखने योग्य, जाँचने लायक।

scanning n. परिलोकन, परीक्षण, छन्दोविभाजन।

scansion n. गण विभाग, मात्रा-गणन, छन्द-नियमन, छन्दपरीक्षण, चरण एवं अक्षर गिननेकी विधि।

scansorial a. वृक्षारोही, आरोहणशील, चढ़नेवाला, ऊपर जानेवाला (पक्षी); चढ़नेके काम आनेवाले, चढ़नेके लिए बने हुए (पक्षीके पैर)।

scant १. v.t. (प्रा०) (सामग्री या रसद, मनुष्योंको) मितव्ययतासे देना, सीमित कर देना, घटाना; कृपणताके साथ देना, असन्तोषपूर्वक देना, हद बाँध देना, कम-कम देना, बुरे मनसे देना; २. a. (प्रा०, काव्य०) अपर्याप्त, अप्रचुर, स्वल्प, अत्यल्प, न्यून, बहुत कम, नामभरको, बहुत थोड़ा, नहींके बराबर, नामको, जरा सा, नाकाफी, मुश्किलसे काफी, बराये नाम (*with* ~ *courtesy*, ~ *of breath*)।

scantiness n. अपर्याप्तता, अप्रचुरता, स्वल्पता, अत्यल्पता, न्यूनता, कमी, नाकाफीपन, तंगी।

scantity n. =SCANTINESS.

scantle १. n. स्लेटका माप; छोटी स्लेट; २. v.t. नापके अनुसा ठीक करना या बैठाना।

scantling n. लकड़ीका छोटा टुकड़ा, कड़ी; ऐसा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

आकार या नाप जिसके अनुसार पत्थर या लकड़ी काटी जावे; ढाँचेके भागोंके लिए लम्बाई-चौड़ाईका स्टैण्डर्ड नाप; पीपेकी लकड़ीका ढाँचा; खाद्य पदार्थका अल्प परिमाण; छोटी राशि, थोड़ी रकम; वांछित भण्डार, आवश्यक संचय, जरूरी रसद; आदर्श, नमूना, बानगी (प्रा०)।

scantness n. अल्पता, अपर्याप्ति, लघुता, क्षुद्रता, छुटाई, छोटापन; संकीर्णता, तंगी, दिक्कत।

scanty a. अपर्याप्त, अप्रचुर, स्वल्प, विरल, अत्यल्प, न्यून, कम, नाकाफी; असंकीर्ण।

scape[1] १. n. (प्रा०) पलायन, बचाव; २. v.t. पलायन करना, निकल भागना, बच निकलना, बाल-बाल बचना (*hairbreadth ~s*)।

scape[2] n. (वन०) निवृन्त, पत्तीरहित पुष्प-डण्ठल; परोंकी डण्डी; स्तम्भका सन्धि-भाग (जहाँसे मोड़ समाप्त होता है और दूसरा भाग आरम्भ होता है); (कृमि०) कृमिका उपशृंगमूल, नाक या मूँछकी जड़।

scapegoat n. (बाइबिल) बलिछाग, बलिका बकरा, बलि; दूसरोंके लिए दोषी ठहराया जानेवाला व्यक्ति।

scapegrace n. नराधम, हतभाग्य मनुष्य, पापी व्यक्ति, अभागा आदमी।

scapeless a. निवृन्तहीन, निवृन्तविहीन, बिना डण्ठल, पुष्प दण्डरहित।

scapement n. त्राण, परित्राण, रक्षा, परिरक्षा, बचाव।

scaphism n. (प्रा० ईरानी) प्राणदण्ड (जिसमें अपराधी तरुकोटरमें डाल दिया जाता था, उसके शरीरमें शहद लगाया जाता और डंकदार कीट उसे काटते थे)।

scaphoid a. नौकारूप, नौसदृश, नौकाकृति, नौकाकार, नावके आकारका; ~-bone कलाई या टखनेकी हड्डी।

scapigerous a. (वन०) डण्ठलवाला।

scapple v.t. (पत्थरको) समकुट्टिमित करना, समतल करना।

scapula n. अंस, अंस-फलक, स्कन्धास्थि, कन्धेकी हड्डी।

scapular १. n. किसी ईसाई धर्मके आयोजनमें-का प्रवेश पत्र या बिल्ला; कन्धोंको ढकनेवाला धार्मिक परिच्छद-विशेष, पादरीका लिबास; दे० SCAPULARY भी; कन्धेपरके पर, पंख; स्कन्ध, स्कन्धफलककी पट्टी, कन्धोंकी पट्टी; २. a. अंसीय, अंसफलकीय, स्कन्ध-सम्बन्धी या स्कन्धास्थि-सम्बन्धी, कन्धेकी हड्डीवाला (*~feathers*)।

scapulary n. धार्मिक परिच्छद।

scapulated a. श्वेतपक्ष, सितस्कन्धपत्रयुक्त।

scar[1] १. n. वृन्तयु, बीजनाभि, किसी पत्तीके गिर जानेसे किसी पौधेपरका चिह्न; क्षतचिह्न, क्षतांक, व्रणचिह्न, सूखे हुए घावका निशान; अंक, किण, चिह्न, चकत्ता, दाग, धब्बा, निशान; (ला० भी; शोक अथवा चिन्ताके स्थायी प्रभाव, दिलके दाग); २. v.t. & i. क्षतचिह्न छोंडना, ठीक हो जाना, अच्छा होना, घावका भर जाना, चकत्ता बनाना, दाग बन जाना; क्षतचिह्न करना, निशान बनाना, दाग लगाना; *he jests at ~s who never felt a wound* जाके पैर न फटी बिवाई सो जाने क्या पीर पराई।

scar[2], **scaur** n. पर्वतके एक ओरका ढालू चट्टानी भाग।

scarab n. प्राचीन मिस्र देशका पवित्र भृंग या गुबरैला-विशेष; गुबरैलेके आकारकी कटी हुई मणि।

scarabaeoid a. गुबरैले-जैसा।

scarabaeus n. पुरीषकीट, गुबरैला।

scaramouch n. कायर, डरपोक; (प्रा०) वैहासिक, बहुरूपिया, भण्ड, भाँड; बड़बोला, शेखीबाज।

scarce a. दुष्प्राप्य, दुर्लभ, विरल, असुलभ, कठिनाईसे मिलनेवाली (*a ~ book*); अपर्याप्त, अप्रचुर, स्वल्प, अल्प, न्यून, बहुत कम, नाममात्रको, थोड़ा, नाकाफी (प्रायः खाद्य सामग्री, धन या जीवनकी अन्य आवश्यक वस्तुओंके सम्बन्धमें); *make oneself ~* (बोल०) दूर होना, चल देना, मुख मोड़ लेना, हट जाना, चम्पत हो जाना।

scarcely adv. सम्प्रति, अभी-अभी, इसी समय (*had ~ arrived when he was told that–*); कठिनाईसे, मुश्किलसे, लगभग, करीब-करीब (*is ~ seventeen years old*); निश्चित रूपसे नहीं, वास्तवमें नहीं, बिलकुल नहीं; नहींके बराबर, लगभग असम्भव (*you will ~ maintain that*); नहीं (का नम्रतापूर्ण स्थानापन्न) (*I ~, think so, know what to say*); सचमुचमें नहीं, कदापि नहीं (*I ~ know what to say*)।

scarcement n. छज्जा, कगर।

scarceness n. दुष्प्राप्यता, दुष्प्राप्ति, दुर्लभता, विरलता; न्यूनता, स्वल्पता; = SCARCITY.

scarcity n. स्वल्पता, अपर्याप्ति, दुर्लभता, विरलता, न्यूनता, अभाव, कमी; दुर्भिक्ष, दुष्काल, अकाल, भुखमरी; ~ programme, ~ relief, ~ rent, ~ value, ~ works.

scare १. n. आकस्मिक डर, अकारण भय, निराधार आतंक, झूठा डर, झूठ-मूठका अन्देशा, सनसनी (*~ headline*); हौआ, खतरा ⊙; व्यावसायिक या व्यापारिक आतंक, तिजारती खतरा; २. v.t. धमकी या घुड़कीसे भयभीत करना (*~ away*); आकस्मिक विभीषिकासे आतंकित करना, अकस्मात् ही भयाक्रान्त करना, भयभीत करना, सम्भीत करना, भयसे चौंका देना, त्रासना, डराना, बाबा आदिसे डराना, भयसे चौंका देना, खौफ दिलाना; हुसकारना, पक्षियोंको उड़ाना या भगाना; ~-crow विभीषिका, चिचानर, काकभगौड़ा, चिड़ियोंके डरानेके लिए फूसका पुतला, बाबा, हौआ, जूजू, डरावा; विकटरूपधारी, विकृतवेशी, विचित्र वेशधारी, कुवेशी, भद्दे कपड़ोंवाला; अत्यन्त कृशकाय मनुष्य, क्षीणकाय व्यक्ति, हड्डियोंका ढाँचा; ~ (head) ⊙ सनसनीदार समाचार-शीर्षक।

scaremonger n. अकारण भय-प्रसारक, निराधार आतंक-प्रसारक, झूठा डर फैलानेवाला, आकस्मिक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

सनसनी फैलानेवाला ।

scarf[1] n. उत्तरीय, दुपट्टा, ओढ़नी, गले या कन्धेपर डालनेका रूमाल, गुलूबन्द, स्कार्फ; तलवारके परतले-जैसा कपड़ा; ~-pin नेकटाई बाँधनेकी सोनेकी या जड़ाऊ पिन, टाईपिन; ~-ring नेकटाईका सुन्दर छल्ला; ~-skin बाह्य त्वक्, ऊपरी खाल, चमड़ी, खलड़ी, खालकी बाहरी परत, झिल्ली ।

scarf[2] १. n. दँदाना, दाँता, झरी, नली, खाना; लकड़ी या चमड़ेका जोड़; धातुका जोड़; २. v.t. (लकड़ी, धातु या चमड़ेके टुकड़ोंके) सिरोंको तिरछा छीलकर या दाँते बनाकर जोड़ना, मेल मिलाकर जोड़ना (कि दोनों एक मालूम हों); (ह्वेल मछलीको) काटना या उसकी खाल निकालना ।

scarfed a. गलबन्धयुक्त, गुलूबन्द बाँधे हुए, स्कार्फ बाँधे हुए ।

scarification n. छदनविधि, चर्मच्छेद, नश्तर लगानेकी क्रिया ।

scarificator n. क्रियागत अर्थोंमें; शल्यचिकित्सा यन्त्र, नश्तर, चाकू; समाखुरक ।

scarifier n. विदारक आदि क्रियागत अर्थोंमें; आलोडित्र, समाखुरक, मिट्टीको उलटे बिना ही उसे मिलाने या एकसा करनेकी कृषि-कल, खेतीकी मशीन; विदारक यन्त्र, सड़क तोड़नेकी कीलेदार मशीन ।

scarify v.t. आकृन्तन करना, समाखुरण करना, त्वचा या चर्मच्छेदन करना, खाल काटना, खाल छेदना, खरोंच डालना, खोंचा मारना, नश्तर लगाना; खेतमें मैड़ा या हेंगा चलाना; पछना लगाना; कटु छिद्रान्वेषण करके दुःख देना, तीव्र आलोचनाके द्वारा व्यथा पहुँचाना, तीखी आलोचना करना ।

scarious a. वलिकुंचित, संकुचित, झुर्रीदार, झुलसा हुआ, सिकुड़ा हुआ; परिम्लान, शुष्क, चुरमरा ।

scarlatina n. शोणत्वग्ज्वर, आरक्तज्वर, अरुणज्वर, लोहितांग-सन्निपात, लाल बुखार ।

scarlatinous a. शोणत्वग्ज्वरवत्, आरक्तज्वर-सदृश, अरुणज्वर-सदृश, लोहितांग-सन्निपातवत्, लाल बुखार-जैसा; शोणत्वग्ज्वर-विषयक, आरक्तज्वर-सम्बन्धी ।

scarlet n. & a. सिन्दूरवर्ण, शोण, सिन्दूरी, सन्तरे जैसे चमकीले लाल रंग (का); लाल रंगका कपड़ा या कपड़े (*dressed in* ~); ~ admiral एक प्रकारकी तितली; ~ fever शोणत्वग्ज्वर, संक्रामक आरक्तज्वर, अरुणज्वर, लोहितांगसन्निपात, लाल बुखार; (हास्य०) सैनिकोंके साथ प्रेम करनेकी प्रवृत्ति, चस्का; ~-grain कृमिविशेष, कोई कीड़ा; ~ hat ईसाई धर्माध्यक्षका टोप; ईसाई धर्माध्यक्षका पद या क्षेत्र; ~ rash ताम्रविसर्प, खसरेके दाने, जर्मनी खसरा; ~ runner लालपुष्पयुक्त लतिकाविशेष; ~ woman, whore (बाइ०) सांसारिकता, सांसारिक प्रतीक, मूर्तिपूजक रोम, पोपका रोम ।

scarp १. n. लम्ब, दुर्गनिर्माणमें खाईकी भीतरी दीवाल या ढाल, समुत्प्रपात, प्रलम्ब ढाल, सीधी ढाल, ढलान; २. v.t. प्रलम्ब या सीधी (ढाल) बनाना, खाईमें भीतर और बाहरकी ओर सीधी ढाल करना या बनाना ।

scarped p.p. (पहाड़ीके सम्बन्धमें) ढालू, सीधी ढलानवाली, ढालू चट्टान-जैसी ।

scarred a. सक्षतचिह्न, क्षतांकयुक्त, क्षतांकित, व्रणचिह्नमय, अंकमय, किणयुक्त, चकत्तेदार, दागदार ।

scarus n. शुकनास मीन ।

scary a. भयावह, भयानक, डरावना; भीरु, कायर, डरपोक ।

scat १. n. बौछाड़; २. int. हटो, परे हो ।

scathe १. n. क्षति, अपकार, आघात, हानि, चोट, नुकसान (*without, guard from,* ~); २. v. t. क्षति पहुँचाना, हानि पहुँचाना, नुकसान पहुँचाना (झुलसाकर या सुखाकरके); (नकारात्मक शब्दके साथ) न्यूनतम क्षति पहुँचाना, बालतक बाँका न करना (*shall not be* ~*d*) ।

scatheful a. क्षतिकारक, हानिप्रद, नुकसानदेह; अपकारक, आघातक, चोट पहुँचानेवाला ।

scatheless a. अक्षत, क्षतहीन, निर्व्रण, सकुशल, स्वस्थ, बिना बाल बाँका हुए, बिना चोट खाये, सही-सलामत ।

scathing n. & a. नाश, विनाश; विघटन, विकीर्णन, बिखर जाना; अति कठोर, अत्यन्त कड़ा (~ *sarcasm, remarks*) ।

scatology n. पुरीष-विज्ञान ।

scatophagous a. पशुपुरीषाशी, पशुपुरीषजीवी, पशुपुरीषभुक्, पशुपुरीष-भक्षी, गोबर खानेवाला ।

scatter v.t. & i. पर्यसन करना, विकिरण करना, प्रकीर्णन करना, अपकिरण करना, विकीर्ण करना, तितर-बितर करना, छितराना, फैलाना, इधर-उधर बिखेरना, बखेरना, बिथराना (~ *gravel on road, road with gravel*); (प्रकाशको) विकीर्ण करना, प्रसारित करना, फैलाना; (बन्दूक) इस प्रकार चलाना कि छर्रा फैल जाय, फैलाते हुए चलाना; (आशाओंको) नष्ट करना, (बादलको) छिन्न-भिन्न करना, तितर-बितर करना; छिड़कना, छींटना; बिखरना, तितर-बितर होना, छितर जाना, छितराना; पूरी तरहसे हरा देना, इधर-उधर भगा देना, भगदड़ मचा देना, भगदड़ मच जाना; पूर्ण रूपसे पराजित होना, हारकर इधर-उधर भागना, पूरी तरह हार जाना; ~-brain अनुत्तरदायी मनुष्य, असावधान व्यक्ति, ध्यानरहित मनुष्य, बेपरवाह आदमी, बेफिक्र आदमी; ~-brained अनवधान, असावधान, बेफिक्र, बेपरवाह; अव्यवस्थित, असन्तुलित ।

scattered a. विकीर्ण, प्रकीर्ण, आकीर्ण, बिखरा हुआ, छितराया हुआ, तितरबितर, छुटपुट (~ *areas, remains*); विभिन्न; दूर-दूरतक विस्तृत, अनेकत्र स्थित, एक साथ न बसा हुआ, बिखरकर बसा हुआ; यत्र तत्र घटित, यहाँ-वहाँ बीता हुआ या गुजरा हुआ (~ *hamlets*) ।

scattering n. विकिरण, विक्षेपण; (pl.) विकीर्ण पदार्थ, बिखरी वस्तु, छितरायी हुई चीज ।

scatterling n. इत्वर, स्वच्छन्द, स्वतन्त्र, मुक्त,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

स्वच्छन्दचारी, आवारा, घुमक्कड़।

scattery a. विरल, छिन्न-भिन्न, छितरा-बितरा।

scatty a. फुहारी, फुहारदार, फुहारवाला; विक्षिप्त, पागल, झक्की, सनकी।

scauper n. स्कापर (नक्काशी करनेका एक औजार)।

scaur n. समकोणीयित शैल, सीधी खड़ी चट्टान।

scavage n. विक्रय-पदार्थ-समूह, बेचनेकी चीजोंका ढेर।

scavenge v.t. & i. (सड़कों और गलियोंका) कूड़ा-कर्कट उठाना, मेहतरोंका काम करना; बुहारना, सफाई करना; इंजिनके बेलनसे गैसको निकालना।

scavenger १. n. सम्मार्जक, मलवाह, सड़क साफ करनेवाला, भंगी, झाड़ूदार, मेहतर, जमादार; बीभत्सता-प्रेमी साहित्यिक, बीभत्स विषयोंमें आनन्द लेनेवाला लेखक; शवभक्षी, गलितमांसभक्षी जन्तु, गलीसड़ी चीजें खानेवाले जानवर और कीड़े, मुरदारखोर; २. v. i. सड़क साफ करना, भंगीकी तरह काम करना, भंगी होना, मेहतरका काम करना, सफाई करना।

scavengery n. सड़क बुहारनेका काम, भंगीका काम, मेहतरका काम।

scavenging n. गलीकी सफाईका काम, भंगी या मेहतरका काम, बुहारना, सफाई (करना)।

scelides n. (किसी स्तनीके) पश्चांश, पृष्ठांग, पिछले अंग, पिछला धड़।

scenario n. दृश्य-योजना, नाट्य-कथा, नाटककी रूप-रेखा।

scenarist n. दृश्य-योजक, नाट्य-योजनाकार, नाट्य-कथाकार, नाटककी कथावस्तुका लेखक।

scend[1] n. (पोतका) ऊर्ध्वक्षेप, ऊपरकी ओर उठना।

scend[2] v.t. ऊर्ध्वक्षिप्त होना, ऊपरकी ओर उठना।

scene n. भूमि, स्थान; घटनाभूमि, घटनाक्षेत्र; घटना-स्थल, घटनास्थिति (*the ~ is laid in India*); रंगमंच, रंगशाला, रंगभूमि, स्टेज; रंगमंचकी भाँति प्रदर्शनभूमि, प्रदर्शनस्थल, तमाशगाह (*this world is a ~ of strife*); दृश्य, नाटकका दृश्य, नाटकके अंकका उपविभाग (*in the third ~ of Act II*); (परिवर्ति०) आख्यान, घटनावर्णन, जीवनके किसी अंश-विशेषका वर्णन (*~s, of clerical life, from a gold field*); वास्तविक घटना, सजीव घटना (*distressing ~s occurred*); आवेशपूर्ण वार्तालाप, गुस्सेसे भरी हुई बातचीत, कहासुनी, तू तू मैं मैं, झड़प (*now don't make a ~*); यवनिका, रंगमंचका सचित्र पर्दा, पट, चित्रपटी, रंगमंचके चित्रोंका क्रम (*behind the ~s*); (परिवर्ति०) नाटकके पर्देकी भाँति फैला हुआ दर्शकके सामनेका दृश्य, चित्र, नजारा (*desolate ~*); ~-dock दृश्यशाला; ~-painter पटचित्रकार, नाटकके सचित्र पर्दोंका चित्रकार; ~-shifter यवनिका-परिवर्तक, पट-परिवर्तक, पटपरिवर्तनकारी, नाटकमें रंगमंचके पर्दे बदलनेवाला; *behind the ~s* प्रच्छन्न रूपमें, गुप्त रूपमें, छिपेछिपे।

scenery n. दृश्यावली, साधारण दृश्य, किसी स्थानके प्राकृतिक दृश्य, बहार (*the ~ is imposing, tame*); दृश्य-पट-समूह, सीनरी।

scenic a. सुरम्य, चित्रोपम, प्रदर्शनीय, सुस्पष्ट, सजीव, आँखोंके सामने चित्र उपस्थित कर देनेवाला; रंगस्थलीय, रंगमंचीय, रंगभूमिका, स्टेजका, नाट्य-सम्बन्धी या नाट्यशालाका (*~ performances*); नाटकीय, नाट्य-प्रभावित, अभिभूत (मनोवेग, मनोभाव आदि); कथा-व्यंजक, घटना-व्यंजक, घटना-द्योतक, सजीव, दृश्यमय, दृश्यानुदृश्य; *~ railway* मेलों आदिमें प्रदर्शनीय छोटी-सी रेल।

scenograph n. पटचित्र।

scenographer n. यथार्थ दृश्य-चित्रकार, पट-चित्रकार, पट-रचयिता।

scenographic a. चित्रांकन-कौशल-विषयक, पट-रचना-सम्बन्धी।

scenography n. दृश्य-चित्रण, चित्रांकन, चित्र-रचना, पट-रचना, पर्दोंका रँगना।

scent १. n. परिमल, अधिवास, सुगन्धि, सौरभ, सुरभि, सुवास, वास, सुगन्ध, गन्ध, महक, खुशबू; (आखेट) आखेटकी गन्ध, शिकारकी बू (प्रायः ला०); स्वाभाविक सूक्ष्मदर्शिता; घ्राणशक्ति, सूँघनेकी शक्ति (*some dogs have practically no ~*); इत्र; २. v.t. & i. सुगन्धित करना या होना, गन्धयुक्त करना, महकाना, महकना, खुशबूदार बनाना (*rose ~s the air*); (रूमाल आदिमें) इत्र लगाना, सुगन्धित करना (*~ clothes*); गन्ध-इन्द्रियका प्रयोग करना, सूँघना (*goes ~ing about*); गन्धसे समझना, सूँघ लेना, सूँघकर जानना; (ला०) सन्देह करना, किसीकी उपस्थिति या अस्तित्वपर सन्देह करने लगना; किसीके होने न होनेपर शक करना (*~ treachery*); *put off the ~* धोखा देना, फुसलाना, बहकाना, झूठे संकेतोंसे गुमराह करना;

~-bag, ~-bottle, ~-box, ~-gland, ~-organ, ~ scale[1].

scented a. सुरभित, सुरभीकृत, सुगन्धित, सुवासित, खुशबूदार (*~ clothes, oil*)।

scentful a. सुरभिमय, सुगन्धित, सुवासित, सौरभपूर्ण, सुगन्धयुक्त।

scentless a. सुरभिहीन, सुगन्धरहित, निर्गन्ध, सौरभरहित, सुवासरहित, बेखुशबू।

sceptic, sk- ⊙ n. अप्रत्ययी, अविश्वासी, संशयशील, शंकाशील, संशयात्मा, सन्देहवादी, किसी विशेष तथ्य अथवा सिद्धान्तके सत्यको स्वीकार न करनेवाला या कठोर अथवा कलाविरोधी विचारोंका मनुष्य; नास्तिवादी, अनीश्वरवादी, नास्तिक, अधार्मिक, अज्ञेयवादी; PYRRHONISM का प्राचीन अथवा आधुनिक अनुयायी, संशयवादका समर्थक या पोषक।

sceptical, sk-, ⊙ a. संशयवादी, सन्देहवादी, अज्ञेयवादी, नास्तिक, सन्देहवाद-समर्थक, संशयवादका पोषक, वहमी, शक्की; संशयात्मा, शंकाशील, किसी निर्णयमें शंका करनेकी प्रवृत्तिवाला, प्रश्नास्पद, सन्देहा-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

स्पद, शंकात्मक, आलोचक, आलोचनात्मक, गुणदोष-विवेचक, दोषदर्शी, तथ्योंकी सत्यता और तर्कोंकी गम्भीरतापर प्रश्न उपस्थित करनेवाला; PYRRHONISM को माननेवाला तथा ज्ञानकी सम्भावनाका विरोधी, सद्ज्ञान-विरोधी।

scepticism n. संशयवाद, सन्देहवाद; अविश्वास; अनीश्वरवाद, नास्तिकता, अज्ञेयवाद, अधार्मिकता, सन्देह, वहम, शक।

scepticize v. i. संशयवादी होना, सन्देहवादी होना, अज्ञेयवादी होना, नास्तिक होना, संशयात्मा होना, शंकाशील होना, संदेह करना, शक करना।

sceptral a. राजोचित, राजकीय, सत्ता-सम्बन्धी।

sceptre n. राजसत्ता, प्रभुता, आधिपत्य, राजशक्ति, राजकीय प्रभुत्व, राजाधिकार, साम्राज्य-सम्बन्धी अधिकार; राजयष्टि, राजदण्ड, दण्ड, राजसत्ताका प्रतीकरूप दण्ड; राजचिह्न।

sceptred a. सत्तायुक्त, दण्डधारी, राजदण्डधारी, दण्डाधिकारयुक्त, अधिकृत।

sceptreless a. सत्ताहीन, प्रभुताहीन, राजा-धिकार-हीन, राजचिह्नविरहित, राजदण्डहीन।

schadenfreude n. (दूसरोंके दुःखपर प्रसन्न होना) ईर्ष्या-युक्त सन्तोष, ईर्ष्यामय आनन्द।

schedule १. n. सूची, अनुसूची, अनुक्रमणिका, तालिका, नामावली; कार्यक्रम, समयसूची ⊙; लेख्य, पत्रक, योजना-लेख, चिट्ठा; २. v.t. सूची या तालिका तैयार करना, सूची या तालिका आदिमें सम्मिलित करना, नामावली बनाना; ~ time अंकित या लिखित समय (जो कार्यक्रम या समयसूचीमें लिखा गया हो); *according to* ~ ⊙ व्यवस्थाके अनुसार, कार्यक्रमके अनुसार; *on* ~ ठीक समयपर।

scheduled a. अनुसूचित, अनुक्रमणिका या तालिकामें लिखित, परिगणित (~ *castes, territories*); सुनियोजित, सुविन्यस्त या सुनिश्चित, नियत (~ *time*); ~ *for* ⊙ अपेक्षित।

scheik n. = SHEIKH.

schema n. (pl. *-ta*) योजना, आयोजना, प्लान; चित्र, रेखि-चित्र; नमूना; मनोवेध, मनसूबा।

schematic a. योजना विषयक, आयोजना-सम्बन्धी, प्लानका; चित्र-विषयक, रेखि-चित्र-सम्बन्धी; नमूनेका; योजनावत्, आयोजना-सदृश, प्लान-जैसा; चित्रवत्, रेखि-चित्र-सदृश; नमूने-जैसा।

schematical a. = SCHEMATIC.

schematism n. आकृति, रूप, रेखाचित्र।

schematist n. योजनाकार, आयोजनाकार, प्लान बनानेवाला; चित्रकार, रेखिचित्रकार; (प्रा०) नमूना पेश करनेवाला।

schematize v.t. योजना बनना, आयोजना बनाना, प्लान बनाना, जोड़-तोड़ करना; चित्र बनाना, रेखिचित्र बनाना; नमूना बनाना।

scheme १. n. योजना, प्रारूप, प्रस्तावित या कार्यान्वित क्रमबद्ध व्यवस्था, पद्धति, उपाय, प्रबन्ध, ढंग, जुगुत, तरकीब, स्कीम; मन्त्रणा, सकल्प, कल्पना, योजना, विचार, ख्याल; प्रच्छन्न या गुप्त युक्ति या उद्देश्य, गूढ़ मन्त्रणा, कुटिलनीति, कपट-प्रबन्ध, अप्रकट मन्तव्य, चतुरतापूर्ण अभिप्राय, होशियारीसे भरा हुआ मसूवा, चाल, साजिश; वर्गीकरणका मानचित्र, सारणी, सरणि, तालिका, समय-पटल, क्रार्यक्रमकी सूची, क्रमसूची, पाठ्य-विवरण, पाठ्यक्रम, समयकी रूपरेखा, रूप, नक्शा, खाका; २. v.t. & i. किसी कामको करवाने या किसी बातके होनेकी योजना बनाना, उपाय सोचना, तरकीब सोचना; व्यवस्थाकी रचना करना, योजनाएँ बनाना, रूपरेखा बनाना; संकल्प करना, विचार करना, उपाय निकालना, मंसूवा बनाना, तजवीजें बनाना, जुगुत बनाना, खाका खींचना, स्कीम बनाना; गुप्त मन्त्रणा करना, गुप्त प्रभावका प्रयोग करना, प्रच्छन्न या गुप्त पद्धति सोचना, षड्यन्त्र करना या चलना, चाल चलना; ~ *of colour* वर्णचयन, वर्ण-चयन योजना, रंगयोजना, (नियम या सिद्धान्त जिसके आधारपर किसी चित्रके) रंगोंका चयन एवं समूहीकरण (होता है)।

schemer n. कल्पना करनेवाला, उपाय रचनेवाला, षड्यन्त्रकारी, मंसूवा बाँधनेवाला, साजिशी।

scheming a. निष्णात, विदग्ध, कुमन्त्रणाकारी, कुचक्री, धूर्त, कुटिलनय, युक्तिपटु, युक्तिमान्, जुगुतबाज, साजिशी; मंसूबेबाज, चालबाज।

Schemist n. योजनावादी, आयोजनावादी, प्लानवादी।

scherzando adv. आमोदतः, आमोदपूर्वक, प्रमोद-के रूपमें, प्रसन्नतया।

schesis n. प्रकृति, स्वभाव, अभ्यास, आदत।

schetic a. प्रकृति-विषयक, स्वभाव-सम्बन्धी, आदती।

Schiedam n. हालैण्डकी मदिरा या शराब, स्कीडैम।

schillerization n. सम्भासन, वर्णलीला।

schilling n. आस्ट्रियाका शिलिंग = ७ आना।

schipperke n. छोटी जातिका कुत्ता, एक प्रकारका पालनेका पिल्ले-जैसा कुत्ता।

schism n. विच्छेद, मतभेद, संघभेद, भेद, फूट, लड़ाई; इस प्रकारके मतभेदको लाने या बढ़ानेका अपराध, फूटका अपराध।

schismatic १. n. मतभेदसमर्थक, सम्प्रदायवादी, विच्छेदकारी, साम्प्रदायिक सदस्य, मतभेदमूलक विचारों-का व्यक्ति, भेदसमर्थक, चर्चके किसी गुटका आदमी; २. a. मतभेद अथवा फूटकी ओर प्रवृत्त, मतभेद-मूलक, साम्प्रदायिक, साम्प्रदायिकताका दोषी; फूट डालनेवाला।

schismatical a. = SCHISMATIC.

schismatise v.t. धार्मिक सम्प्रदाय या दल बनाना; साम्प्रदायिक भेदभाव मानना या रखना, दलबन्दी या गुटबन्दी करना।

schist n. सुभाजा, स्तरसम्पन्न शिला-विशेष, परतदार चट्टान।

schistaceous a. भूरे हरे रंगका।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

schistoid a. = SCHISTOSE.

schistose a. सुभाजी, स्तरित, परतदार; शिस्ट-विषयक, शिस्ट-सम्बन्धी, शिस्ट पत्थरका ।

schistosity n. सुभाजिता ।

schistous a. = SCHISTOSE.

schizanthus n. खण्डपुष्पा, (दक्षिणी अमरीकाका) एक फूलदार पौधा; तितली फूल ।

schizogenesis n. खण्डनोत्पत्ति, विखण्डनोत्पत्ति, खण्डजनन, भागजनन ।

schizogenetic a. खण्डनोत्पत्ति-विषयक, विखण्डनोत्पत्ति-विषयक; खण्डोत्पन्न, खण्डजात ।

schizogenous a. खण्डजात, खण्डोत्पन्न (~ *cavity, gland*) ।

schizogony n. खण्डविभाजन, खण्डगुणन ।

schizoid a. मनोभाजनवत्, आधिवत्, मानसरोग-सदृश, दिमागी बीमारीका; मनोभाजन-विषयक, आधि-विषयक, मानसरोग-सम्बन्धी, दिमागी बीमारीवाला ।

schizophrene n. मनोभाजनाक्रान्त व्यक्ति, आधिमय पुरुष, मानसरोगी, दिमागी बीमार ।

schizophrenia n. अन्तरावबन्ध,विभक्तमनस्कता, मनो-भाजन, मानसरोग, मनोविकार, दिमागी बीमारी ।

schizophrenic[1] n. = SCHIZOPHRENE.

schizophrenic[2] a. = SCHIZOID.

schnap(p)s n. हालैण्डकी मदिराकी तरहका पेय, विलायती शराब या स्पिरिट ।

schnauzer n. जर्मन श्वान, श्वनासर ।

schnorrer n. यहूदी भिक्षु, यहूदी भिक्षुक, यहूदी भिखारी ।

scholar n. (प्रारम्भिक पाठशालाका) छात्र, छात्रा, लड़का, लड़की (प्रा० या ग्रा०); छात्र, शिक्षार्थी, विद्याव्यसनी, अध्ययनार्थी (at 90 he was still a ~); अन्तेवासी, विद्यार्थी, किसी व्यक्तिका शिष्य, चेला, शागिर्द (भाषण०); मनीषी, शास्त्रज्ञ, साहित्यमर्मज्ञ, कृतविद्य, विद्वान्, प्राज्ञ, पण्डित (*a ~ & a gentleman* अच्छी शिक्षा एवं चरित्रसे सम्पन्न व्यक्ति); (विश्ववि०) मान्य विद्वान्; किसी संस्थामें प्रवेश प्राप्त व्यक्ति; (प्रायः प्रतियोगिता परीक्षाके उपरान्त) वृत्ति-छात्र ।

scholar-like a. छात्रवत्, छात्रोचित, छात्र-सदृश, विद्वान्-सदृश, पण्डितवत्, पण्डिततुल्य, पण्डितोचित ।

scholarly a. विद्वान्वत्, विद्वज्जनोचित, विद्वत्तापूर्ण, पाण्डित्यद्योती, पण्डित-सदृश, पण्डितोचित ।

scholarship n. छात्रवृत्ति, वजीफा; विद्वत्ता, पाण्डित्य, विद्या; ~-holder छात्रवृत्तिधारी, वृत्तिछात्र ।

scholastic n. & a. शास्त्रीय, अति सूक्ष्म, तार्किक सूक्ष्मताओं अथवा बौद्धिक ऊहापोहमें लीन, विद्यार्थी या विद्वानोंकी (भाँति) (~ *pursuits*); औपचारिक, शिक्षकों या अध्यापकोंका, उनसे सम्बन्धित, शैक्षिक, शिक्षा-सम्बन्धी, शिक्षालय-सम्बन्धी; पाण्डित्य-प्रदर्शक, पाण्डित्याभिमानी, पण्डिताऊ; शिक्षा-सम्बन्धी प्रवृत्तियोंका; आधुनिक धर्मशास्त्रज्ञ; नौसिखुए और याजकके बीचका जेसुआइट (Jesuit) पादरी, रोमन कैथोलिक सम्प्रदायका सदस्य ।

scholasticism n. अति सूक्ष्मता, तर्कमयी सूक्ष्मता; विश्वविद्यालयीय भावना; औपचारिकता, शैक्षिकता, पाण्डित्याभिमान, पण्डिताऊपन ।

scholiast n. भाष्यकार, टीकाकार, वृत्तिकार, टिप्पणी-कर्त्ता, अर्थ लिखनेवाला, मानी बतलानेवाला ।

scholiastic a. भाष्य-सम्बन्धी, टीका-टिप्पणी-विषयक; टिप्पणी-लेखकीय, प्राचीन आचार्योंसे सम्बन्धित ।

scholium n. (pl. *-ia*) पाश्वलिखित टिप्पणी, भाष्य, वृत्ति, टीका, अर्थ, मानी, हाशिएका नोट ।

school[1]* १. n. शिशुशिक्षालय, आरम्भिक पाठशाला, विद्यापीठ, शिक्षालय, विद्यालय*, स्कूल*, मदरसा; (मध्यकालीन) अध्यापनकक्ष, शिक्षणकक्ष, कक्षा, पढ़ाईका कमरा, मदरसे या स्कूलकी इमारत; छात्रसमूह, छात्र-गण, शिक्षार्थी, अध्ययनार्थी, शिष्यगण, लड़के (*whole ~ knows*); शिक्षण-काल, पाठकाल, अध्ययन-समय, पाठशालाका समय, स्कूलका वक्त (*there will be no ~ today*); शिक्षा प्राप्ति, विद्या-साधन, पढ़ाई-लिखाई (*go to ~*); (ला०) अनुशासन या शिक्षा-सम्बन्धी वृत्ति या परिस्थिति (*in the ~ of adversity*); (मध्ययुगीन) विश्वविद्यालय, प्राध्यापक, शिक्षण, अध्यापन, तर्क-वितर्क, वाद विवाद (*theology of the ~s*); मध्ययुगीन व्याख्यान कक्ष, भाषणका कमरा (*the ~s*); अध्ययन-शाखा, विभाग; विशाल कक्ष, बहुत बड़ा कमरा, हॉल (जिसमें विश्वविद्यालयकी परीक्षाएँ होती हैं); (pl.) इस प्रकारकी परीक्षा, इम्तहान (*in the ~s*); किसी कलाकार या दार्शनिकके अन्तेवासी, समर्थक, विशिष्ट सिद्धान्तवादी, शिष्य-समुदाय, शिष्य-गण, भक्त, शागिर्द; किसी सिद्धान्त या उद्देश्यके समर्थक मनुष्योंका समुदाय, सम्प्रदाय, शाखा, पन्थ, मार्ग, पक्ष, मत, वर्ग, दल (*left no ~ behind him*); (संगीत) संगीत-पुस्तिका, संगीतकी छोटी किताब (~ *of counterpoint*); २. v.t. शिक्षा दिलाना, पाठशाला-में भेजना, पढ़ाईके लिए व्यवस्था जुटाना, पढ़ाना, पढ़ाईकी व्यवस्था करना, मदरसेमें बैठाना (क्वचित्); विचारपूर्वक प्रशिक्षित करना, नियमानुकूल करना, अभ्यस्त बनाना, अनुशासित करना, शिक्षा देना, नियन्त्रणमें लाना, संयत करना, वशमें करना, काबूमें लाना (*must ~ his temper*); ट्रेनिंग देना, सलाह माननेके लिए प्रवृत्त करना, सिखाना, समझाना; ~-board विद्यालय-मण्डल; स्थानीय शिक्षा-अधि-कारी; ~fellow सहपाठी, सहाध्यायी, हम-मदरसा; ~house पाठशाला-भवन, स्कूलकी इमारत; सार्व-जनिक पाठशालामें प्रधानाध्यापकका घर या केन्द्रीय छात्रावास, बोर्डिंग-हाउस; ~-ma'am ⊙, -marm ⊙ पाठशालाकी महिला शिक्षिका, बहिन जी; ~man तार्किक, नैयायिक; ~ miss अनुभवहीन या लज्जाशील लड़की; ~ pence पाठशालाका शुल्क, स्कूली पेंस; ~-time

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

पाठशाला या घरपर शिक्षणका समय, पढ़ाईका वक्त; *keep a ~* सार्वजनिक पाठशाला चलाना, किसी प्राइवेट स्कूलका प्रबन्ध करना;

~ account, ~ age, ~ book, ~ boy, ~ boy's society, ~ building, ~ cess, ~ children, ~ committee, ~ cooperation, ~craft, ~-dame, ~ discipline, ~ feeding scheme, ~girl, ~-going age, ~ instructor, ~ laws, ~-made, ~-master, ~mate, ~ medical service, ~-mistress, ~ officer, ~ pupil, ~ quarters, ~-room, ~-slang, ~ staff, ~ supplies, ~ tax, ~ teacher, ~ term, ~-treat, ~ uniform, ~ year.

school[2] १. n. मछलियोंका झोल; २. v.i. एकत्र होना, इकट्ठा होना, जमा होना, झुण्ड बनाना; ~ fish झोलकी मछलियाँ।

schoolable a. (अनिवार्य शिक्षाके नियमोंके अनुसार) स्कूल जानेकी अवस्थावाला, पाठशाला जाने योग्य।

schooled a. प्रशिक्षित, अनुभवी, अनुभवप्राप्त, ट्रेनिंग पाये हुए।

schooling n. शिक्षण, अध्यापन, शिक्षा, पढ़ाई; उपदेश; गुरुदक्षिणा, शिक्षा-मूल्य, विद्यालयकी शिक्षाका व्यय, पढ़ाईका खर्च।

schooner n. द्विकूपक नौका, दो मस्तूलोंका जहाज; (अमरीकामें) बीयरका मापपात्र, नपना-गिलास, बीयर शराबका लम्बा गिलास।

schottische n. एक प्रकारका हलका पोल्का नृत्य; इस नृत्यके साथका गाना।

schwa n. (व्या०) तटस्थ स्वर, स्वराघात रहित स्वर।

sciagraph n. क्ष-रश्मि चित्र, एक्स-रे-चित्र।

sciagrapher n. क्ष-रश्मि-चित्रकार, एक्स-रे-चित्रकार।

sciagraphic a. क्ष-रश्मि-चित्र-विषयक, एक्स-रे-चित्र-सम्बन्धी।

sciagraphy n. क्ष-रश्मिच्छायाचित्र-विज्ञान, एक्स-रे-छायाचित्रण।

sciamachy n. छायायुद्ध, परछाईंसे लड़ाई, बेकारकी लड़ाई।

sciamancy n. छाया-भविष्यकथन, छाया-भविष्यवाणी, परछाईं द्वारा ज्यौतिष लगाना।

sciatic a. श्रोणिवेदना या नितम्ववेदनासे पीड़ित, कूल्हेके दर्दका रोगी या मरीज, इस प्रकारकी पीड़ावाला; श्रोणि-शिरा-विषयक, नैतम्ब, नितम्ब-नाड़ी-सम्बन्धी, कूल्हेकी नसका या उसपर प्रभाव डालता हुआ; श्रोणि-सम्बन्धी, नितम्ब-विषयक, नितम्बके कूल्हेका (*~ nerve, swelling*)।

sciatica n. राजचेता-शूल, कूल्हे और जाँघका वातरोग, नितम्ब-नाड़ी या कूल्हेपरकी नसका दर्द या पीड़ा, कूल्हा रह जानेकी बीमारी, गठिया।

science* १. n. (प्रा०) शास्त्र, विद्या, ज्ञान; विज्ञान*, क्रमबद्ध एवं नियमानुसारी ज्ञान (*moral ~*); क्रमबद्ध एवं व्यवस्थित शास्त्रका अनुशीलन, वैज्ञानिक सिद्धान्त (*man of ~*); (*natural ~* के अर्थमें भी) भौतिक अथवा प्राकृतिक विज्ञान, साइंस (*~ now shares the curriculum with literature*); (pl.) ज्ञानकी शाखा, विद्याकी शाखा, ज्ञानका संगठित रूप (*the ~ of ethics*); विशेषज्ञता, चातुर्य, कौशल, चतुराई, होशियारी; exact ~ यथार्थ विज्ञान; natural ~ प्राकृतिक विज्ञान; physical ~ भौतिक विज्ञान; pure ~ शुद्ध विज्ञान (जो स्वयंसिद्ध सत्योंके निगमनोंपर आश्रित हो); the dismal ~ अर्थशास्त्र; the gay ~ साहित्यशास्त्र।

sciened a. विज्ञानी, दक्ष, पटु, कुशल, निपुण, अनुभवी; सुशिक्षित, विद्वत्तापूर्ण, पाण्डित्यपूर्ण, पण्डित।

scient a. विज्ञानमय, विज्ञानपूर्ण, ज्ञानी, ज्ञानयुक्त; शास्त्रीय, शास्त्र-विषयक, विद्या-विषयक, ज्ञान-सम्बन्धी।

scienter adv. बोधपूर्वक, पूर्णज्ञानसे, पूर्णज्ञतया, पूरी जानकारीके साथ, जान-बूझकर।

sciential a. विज्ञान-विषयक, विज्ञान-सम्बन्धी, साइंसका; शास्त्रीय, शास्त्र-विषयक, ज्ञान-सम्बन्धी।

scientific a. (कार्य या कार्यवाहक) विशिष्टतापूर्ण, (अनुसन्धान आदिके सम्बन्धमें) शास्त्रानुरोधी, वैज्ञानिक, वैज्ञानिक नियमानुमोदित, व्यवस्थित, अनुक्रमिक, क्रमबद्ध, यथार्थ, ठीक-ठीक; ~ terminology पारिभाषिक शब्दावली;

~ approach, ~ book, ~ data, ~ equipment, ~ facts, ~ game, ~ instrument, ~ investigation, ~ subject, ~ terms, ~ testing, ~ treatment, ~ use, ~ works.

scientism n. विज्ञानवाद, विज्ञान-विधि, वैज्ञानिक विधि, वैज्ञानिक रीति, साइंसका ढर्रा।

scientist n. वैज्ञानिक, विज्ञानविद्, विज्ञानवेत्ता, साइंटिस्ट।

scilicet adv. अर्थात्, दूसरे शब्दोंमें, यानी, दूसरी तरहसे।

scilla n. एक विलायती फूल।

scimitar n. असिका, असि, वक्रखड्ग, करवाल, सिरोही, तेगा, टेढ़ी तलवार।

scincoidian n. विषकिर, विषखोपड़ा।

scintilla n. कण, लव (*not a ~ of evidence*); परमाणु, अणु; स्फुलिंग, चिनगारी।

scintillant a. आभायुक्त, प्रकाशपूर्ण, जगमगाता, चमकीला, चमकदार, चिनगारी छोड़ता हुआ, टिमटिमाता हुआ, झिलमिल करता हुआ।

scintillate v. i. स्फुलिंग फेंकना, उत्स्फुलिंग होना, चिनगारी छोड़ना, चिनगारी उड़ाना, प्रकाशमान् होना, झिलमिल करना, टिमटिमाना, टिमटिम करना, चमचमाना, जगमगाना, जगमग करना, चमकना, दमकना, झिलमिलाना।

scintillation n. नक्षत्रोन्मीलन, टिमटिमाहट; स्फुलिंग-निर्गम, चिनगारी छूटना, चमक, दमक, जगमग,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

जगमगाहट ।

sciolism n. अल्पज्ञता, सामान्य ज्ञान, पल्लवग्राहिज्ञान, ज्ञानका मिथ्या अहंकार, पाखण्डीपन, ढोंगीपन ।

sciolist n. अल्पज्ञ, पल्लवग्राही पण्डित, ज्ञानका मिथ्याचार करनेवाला, विद्वत्ताका ढोंग करनेवाला, पाखण्डी ज्ञानी, ढोंगी पण्डित ।

sciolistic a. निथ्याज्ञानी, अल्पज्ञता-विषयक, मिथ्याहंकार-सम्बन्धी, ज्ञानके ढोंगका, ढोंगी ।

sciomachy n. = SCIAMACHY.

sciomancy n. = SCIAMANCY.

scion n. उपरोपिका, किसलय, प्ररोह, नव पल्लव, अंकुर, कलम, टहनी, शाख; सन्तान, वंशधर, वंशज ।

scioptics n. छायाचित्रण ।

scirocco n. उष्णानिल, सिरोको लू (सहारासे बहनेवाली उष्णवायुका इतालियन नाम) ।

scirrhoid a. मांस-ग्रन्थि-सदृश, कड़े फोड़े-जैसा ।

scirrhoma n. = SCIRRHUS.

scirrhosity n. अर्बुदमयता, गठीलापन, मांस-ग्रन्थि, गाँठ, गिल्टी ।

scirrhous a. कचे नासूरवाला; मांसग्रन्थियुक्त, कड़ी गाँठका, गठीला, गिल्टीदार, गाँठदार ।

scirrhus n. अर्बुद, कठिनार्बुद, कठिन ग्रन्थि, कड़ी मांसग्रन्थि, कड़ा नासूर, गाँठ, गिल्टी, बतौरी ।

scissel n. (धातु आदिकी) कतरन, छाँटन ।

scissile a. भाज्य, विभाज्य, भाजनीय, विभाजनीय, खण्डनीय, टुकड़े-टुकड़े करने योग्य ।

scission n. भाजन, विभाजन, खण्डन, टुकड़े-टुकड़े करना ।

scissor v.t. काटना, कतरना, छाँटना (किताबमेंसे काट लेना); कर्तरीसे काटना, कैंचीसे कतरना या काटना, कैंची चलाना; ~-log टाँगोंकी (आपसमें) भिड़न्त ।

scissorer n. साहित्यिक या अखबारी सामग्रीका संकलनकर्त्ता, संग्रहकर्ता, कतरन-बटोर ।

scissoring n. काट, छेदन, छाँट (पुस्तक आदिकी कतरन) ।

scissors* n. (pl.) कर्त्तरी, कतरनी, कैंची*, सरौता; (प्रायः *pair of* ~, जैसे, *I want a pair of, some,* ~); ~ and paste दूसरोंके लेखोंसे संचित साहित्यिक या अखबारी सामग्री ।

scissure n. (चिकित्सा) चीर, चीरा, घाव ।

sciurine n. गिलहरीका, गिलहरी-जैसा ।

sclera n. श्वेतपटल, शुक्ला, चिट्टा, सफ़ीरा ।

scleriasis n. (श० र० शा०) दार्ढ्य, जारठ्य, कड़ाई (नस आदिकी) ।

scleritis n. शुक्लाकोप, आँखके चिट्टेपरकी सूजन ।

scleroderma n. चर्म-जारठ्य (चमड़ाकी कड़ाईका रोग) ।

sclerodermatous a. चर्मजरठ, परुषत्वग्युक्त, दृढ़त्वच्मय, कठोर चमड़ी वाला; चर्म-जारठ्य रोगी ।

sclerogen n. (वन०, कोशाभित्तिमें पड़ी) पथरी ।

scleroid a. (वन०, जन्तुवि०) दृढ़ गठनका, कड़ी बनावटका, सख्त बनावटवाला, कठोर ।

scleroma, sclerosis nn. (pl. *-mata, -ses*) जारठ्य, चर्मजारठ्य, शरीरतन्तुका कड़ा होना या करना; (वन०) SCLEROGEN के द्वारा कोशाभित्तिका कड़ा होना या कड़ा करना ।

sclerosed a. जारठ्यग्रस्त ।

sclerotic १. n. आँखकी पुतलीके आसपासकी प्रावरणी, शुक्ला, शुक्लवृत्ति, चिट्टा; २. a. शुक्लवृत्तिक, आँखकी पुतलीके चारों ओरकी सफेदीका (~ *ring*); जारठ्ययुक्त, जारठ्यसहित, जरठ, जारठ्यविषयक, जारठ्य-सम्बन्धी; दृढ़, कठोर, कठिन, मजबूत (~ *sheath*) ।

sclerotitis n. शुक्लाकोप ।

sclerous a. (निदान०, श० र० शा०, वन०) जारठ्यग्रस्त, जारठ्यप्राप्त; कड़ा किया हुआ; अस्थिपूर्ण, अस्थिमय, चौड़ी हड्डीवाला ।

scobiform a. काष्ठचूर्णाकार, काष्ठचूर्णाकृति, लकड़ीके बुरादेकी तरह ।

scobs n. (pl.) (हाथीदाँत इत्यादिका) कर्तन-चूर्ण, बुरादा ।

scoff[1] १. n. व्यंग्यलक्ष्य, ताने या हँसीका निशाना, हँसनेकी चीज, गुड्डा, टेसू, मजाकका खिलौना; व्यंग्य, अवहास, उपहासोक्ति, उपहास, उपहासपूर्ण शब्द, अवमान, निन्दाशब्द, विद्रूप, आक्षेप, तिरस्कार, ताना, मसखरी, मजाक, हँसी; २. v. i. व्यंग्य करना, आक्षेप करना, ताना मारना, हँसी करना, मसखरी करना; उपहास करना, अपमानसूचक शब्द कहना, अपमान करना, निन्दा करना, (धर्म या सम्मानित वस्तुके सम्बन्धमें) ठट्ठा करना, बुरा-भला कहना, हँसी उड़ाना ।

scoff[2] १. n. खाद्य, भक्ष्य, भोजन, खाना, खूराक; २. v.t. & i. लालचके साथ खाना, चरना, भकोसना ।

scoffer n. व्यंग्यकर्ता, उपहासकर्त्ता, निन्दक, ताना देनेवाला, मजाक उड़ानेवाला, मसखरा; धर्मनिन्दक, धर्मका मजाक करनेवाला ।

scoffing n. दे० SCOFF[1].

scold १. n. दुर्मुखी, कर्कशा, कटुभाषिणी स्त्री, कलहारी, कृत्या, वक्रशीला, कैकेयी, ताड़का, पूतना, पूतनामौसी, लड़ाकी, मुँहफट स्त्री, जबानदराज औरत; झिड़की; २. v.t. & i. भर्त्सना करना, घुड़कना, डाँट-डपट करना, फटकार बताना, फटकारना, डाँटना, डपटना, लताड़ना, धमकाना; अपशब्द कहना, खरी-खोटी सुनाना, चिल्ला-चिल्लाकर बुराई करना, बुरा-भला कहना, कसके सुनाना, खूब सुनाना, धिक्कारना, झाड़ना, झिड़कना, खबर लेना, खुचुर निकालना, लताड़ना ।

scolder n. भर्त्सक, निर्भर्त्सक, डाँटनेवाला, डपटनेवाला, डाँटने-फटकारनेवाला ।

scolding n. भर्त्सना, आक्रोश, निन्दा, धिक्कार, झिड़कन; झिड़की, धमकी, घुड़की, डाँट-डपट, डाँट-फटकार, धमकाव ।

scolex n. (जीववि०) शीर्ष, मूर्द्धा ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

scoliosis n. रीढ़की वक्रता।

scollop n. घीमें तले हुए आलू; मुर्गी इत्यादि बनानेका बर्तन।

scolopendra n. शतपाद, गोजर, कनखजूरा।

scolopendrine a. गोजरका, गोजर-जैसा।

scon n. = SCONE.

sconce[1] n. शमा, दीवारगीरी, (आरम्भिक अर्थमें, लालटेन): दीपाधार, बत्तीदान, चिरागदान।

sconce[2] n. मस्तक, सिर, खोपड़ी, चाँद (के लिए पुराना हास्य० शब्द) (*a crack on the* ~)।

sconce[3] n. यवनिका, पर्दा, ओट, चिक; (प्रा०) आश्रय आश्रयस्थान, शरण, ठिकाना, ठहरनेकी जगह, पनाह; दुर्ग, गढ़, धुरुस, किला, प्रायः कोट, दर्रा आदि; चूल्हे या अँगीठीके पासकी जमी हुई बैठनेकी पत्थरकी जगह।

sconce[4] १. n. दण्डकर, जुर्माना; अपहार, जब्ती; २. v.t. (ऑक्सफोर्डमें, प्रीतिभोजमें अनुचित व्यवहार करनेके अपराधमें मदिरा या बीयर आदि) बन्द करना, रोकना, जब्त करना (*Jones was, Latin quotations are,* ~*d*); (इति०, विश्वविद्यालयके अधिकारियोंका अनुशासन भंग करनेपर) जुर्माना करना. फाइन करना (*Vice-Chancellor* ~*d all that were without their hoods*)।

sconcheon n. = SCUNCHEON.

scone n. जौ या गेहूँकी तिकोनी नरम रोटी, केक।

scoog n. = SKUG.

scoop १. n. दर्वी, डोई, कलछुल; चीनी, कोयला, अनाज आदिको उठाने और ले जानेके लिए छोटे मुठियाका गहरा करछा; कोयला नापनेका पात्र, कोयला डालनेका करछा; करछा चलानेका कार्य (*with a, at one,* ~); खनित्र, रुखानी-जैसा औजार; बेलचा; खोदनी; खात, गड्ढा; (~ *news* भी) ऐकान्तिक समाचार, खास खबर; विशद लाभ, तगड़ा मुनाफा; झाड़, मार, चपेट, वार; २. v.t. (करछा आदिसे) निकालना, उठाना, खोदना, खाली करना, खोखला करना; (प्रा०) (किसी विरोधी समाचार-पत्र, संवाददाता आदिसे) पहले ही किसी विशेष समाचारको प्रकाशित करना, फैलाना; (प्रा०) आकस्मिक कार्यवाही या भाग्यसे बहुत सा लाभ उठाना, काफी मुनाफा कमाना, ~-net नदी-तलतक शिकार करनेका जाल; छोटा हथजाल; ~-wheel रहट।

scooper n. (क्रियागत अर्थोंमें); एक प्रकारकी पनडुब्बी; छेनी, कलम, नक्काशी करनेका औजार।

scoot v. i. (प्रा०) काफूर हो जाना, रफूचक्कर होना; भागना, भाग निकलना, निकल भागना, दौड़ना, झपटना, लपकना।

scooter n. बच्चेका खिलौना; यान, गाड़ी; मोटर बोट।

scopa, scopula nn. रोमागुच्छ (विशे० मधुमक्खीकी टाँगोंपरका)।

scope n. अभिप्राय, आशय, मन्तव्य, आकांक्षा, अर्थ, लक्ष्य, उद्देश्य, ध्येय, तात्पर्य, हेतु, नीयत, इरादा, मतलब, मंशा, मकसद, मनसूबा (अव क०); निर्गम-मार्ग, निकलनेका रास्ता; छेद, सूराख; अवसर, अवकाश, मौका, गुंजाइश (*mind, undertaking, of wide* ~); अन्वीक्षण-क्षेत्र, निरीक्षण-क्षेत्र, निरीक्षणकी सीमा, कार्य-क्षेत्र, दृष्टिप्रसार, दृष्टिकोण, सीमा, मर्यादा, क्रिया-क्षेत्र, ज्ञानादिकी सीमा, बुद्धिकी पहुँच, अवधि, परिधि, परिमाण, विस्तार, घेरा, दायरा; (नौवि०) समुद्री तारकी लम्बाई (जब कि जहाज लंगरपर खड़ा हो)।

scopiform a. बुहारनी-सदृश, कूँची-जैसा, झाड़ू जैसा, बढ़नी-जैसा, बढ़नीके आकारका।

scopophilia n. नग्नरूप-रति, दर्शन-विलास।

scopophobia n. दर्श-भीति, दर्शन-भीति, दर्शन-भय, दिखाई पड़नेका डर।

scopulate a. = SCOPIFORM.

scorbutic १. n. रक्तस्रावपीड़ित, रक्तातिसारग्रस्त (व्यक्ति); २. a. रक्तस्रावी, रक्तस्राव या रक्तातिसार-सम्बन्धी; प्रशीतादीय।

scorch १. n. (तीव्र गतिसे मोटर दौड़ाने या साइकिलकी) सवारी, सैर; २. v.t & i. (प्रा०) (मोटरचालक या साइकिल सवारका) तीव्रतम गतिसे जाना, सरपट जाना, बहुत ही तेजीसे दौड़ना; गर्मीसे कुरूप हो जाना, आगसे काला पड़ जाना, बदरंग हो जाना; जलाकर या झुलसकर काला करना, जलाना, भूनना, झुलसाना, फूँकना; जल जाना, झुलस जाना, भुनना, झुलसना; जलाकर पीड़ा पहुँचाना, जलन पैदा करना (*a wit that* ~*es*)।

scorched a. दग्ध, तप्त; ~ earth policy सर्वक्षार नीति, स्वभूमिध्वंस नीति।

scorcher n. झुलसानेवाला (क्रियागत अर्थोंमें; प्रा०) उत्कृष्ट वस्तु, अपने ढंगका आदर्श रूप, अपनी किस्मका उत्तम नमूना, बढ़िया बानगी।

scorching a. अत्युष्ण, प्रखर, प्रचण्ड, उच्चण्ड, दग्धकारी, दाहक, तापक, झुलसानेवाला, जलानेवाला; व्यग्यपूर्ण, तीक्ष्ण।

score[1] n. विंशक, बीस, बीसी, कोड़ी (*three* ~ *and ten*); मनुष्यकी सामान्य आयु; फलांक, (~ *book, card, sheet*); (किन्हीं खेलोंमें खिलाड़ीके द्वारा बनाये हुए) अंकोंकी सख्या, फलांकोंके संग्रहकी पंजी या रजिस्टर (*make a good* ~); गणना, गणनापत्र; अवच्छेद, दरार, दन्त, दाँतेदार कटाव, लकीर-जैसा कटाव, भंग, सीधा कटाव, खरोंच, निशान (*rock covered with* ~*s or striations*); (अव क्व०) दौड़-प्रतियोगितामें दौड़ आरम्भ करनेका रेखाचिह्न या बन्दूक चलानेकी प्रतियोगितामें खड़े होनेका स्थान (*go off at* ~); (नौवि०) छेद या सूराख (जिसमें चमड़ेका चौड़ा फीता बाँधते हैं); चलित लेखा, चालू खाता; लेन-देनका खाता, लेखा-जोखा, हिसाब-किताब (*pay one's* ~); (संगीत) रेखा-क्रमके आधारपर संगीत-रचनाकी स्वरलिपि; विषय, वर्ग, विभाग, श्रेणी, मद, सरनामा (*you may be easy on that* ~); कारण, हेतु, निमित्त; सौभाग्यकी वस्तु, अच्छे प्रारब्धका लक्षण, खुशकिसमती (*what a* ~ *!*); (प्रा०) व्यंग्य, व्यंग्योक्ति,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

उपालम्भ, चुभती बात, फबती, आवाजा (*given to making cheap ~s*); *go off at ~* उत्साहपूर्वक प्रारम्भ करना, जोशके साथ शुरू करना; *pay off (settle) old ~s* पुराना द्वेष मिटाना, क्षतिपूर्त्ति करना; *~s of people* बहुतसे मनुष्य, बड़ी संख्यामें, बीसियों आदमी।

score[2] v.t. & i. खेलमें अंक बना लेना, नम्बर बनाना, प्वाइंट बनाना (*failed to ~*): गोल करना, रन बनाना; सफल होना, विजय प्राप्त करना, जीतना, जीत लेना (*has ~d a success*); सौभाग्यशाली होना, भाग्यवान् होना, लाभ उठाना, फायदा उठाना, खुशकिस्मती पाना (*that is where he ~s*); (किसी वस्तुसे) रेखाएँ या लकीरें बनाना, रेखा खींचना, दाँते बनाना, कटाव बनाना, लीक खरोंचना, कूँड खींचना, घाव बनाना, गोदना (*~ out words*); निर्लेखन करना, अंकित करना; ग्राहकके नामसे ऋणकी मद चढ़ाना, होटल आदिके खातेमें लिखना; (ला०) किसी अप्रिय बातको याद रखना, किसीके द्वारा किये गये अपराध या दुर्व्यवहारको मनमें रखना; क्रिकेट आदिमें अंकोंको चढ़ा लेना; अंकोंका रजिस्टर रखना; समवेत वादन या गायनके लिए व्यवस्था करना, ऑर्केस्ट्राके लिए बाजोंको लगाना; किसी दूसरे वाद्ययन्त्रके लिए व्यवस्था करना, क्रम बैठाना; किसी संगीत-रचनाकी स्वरलिपि लिखना; *~ off* (ग्रा०) तर्क प्रस्तुत करना, तत्काल उत्तर देना, अनुत्तर करना, अपमानित करना, लज्जित करना, जोड़-तोड़का जवाब देना, हाजिर जवाब देना, मात देना।

scored ⊙ a. धिक्कृत, गर्हित, निर्भर्त्सित; दुष्ट, रद्दी; अस्वीकृत।

scorer n. क्रिकेटके खेलमें बनाये हुए अंकोंको लिखनेवाला, गिननेवाला, अंकोंको रजिस्टर करनेवाला।

scoria n. (pl. *-e*) अवस्कर, छिद्रल लावा, छिद्रयुक्त ज्वालामुखीका तरल पदार्थ या उस पदार्थके टुकड़े, मल, गन्दगी।

scoriaceous a. छिद्रिल ज्वालामुखी या तरलपदार्थयुक्त, मलवत्, लावा-जैसा।

scorification n. अवस्करण, मलरूपमें परिवर्तन, मैलरूपमें बदलना, मैल बनाना।

scorifier a. मल-परिवर्तक, मलरूपमें परिवर्तन करनेवाला, मैल बनानेवाला।

scoriform a. मलवत्, मल-सदृश, गन्दगी-जैसा।

scorify v.t. (विशे० धातुओंको) मलमें परिवर्तित करना, मल बना देना, मैल बना देना।

scoring n. संगीतका स्वरानुक्रम, स्वर-व्यवस्था; फलांकन (*~ time*); गहरी रेखा खरोंचना।

scorn १. n. अवहेलनाका पात्र, तिरस्करणीय व्यक्ति, उपहास योग्य मनुष्य; अवहेलना, अवज्ञा, तिरस्कार, उपेक्षा, उपहास, अश्रद्धा, अवमान, अनादर, अपमान, धिक्कार, तौहीन, नफरत, हिकारत; दम्भ, अहंकार, दर्प; २. v.t. अवहेलना करना, तिरस्कार करना, उपहास करना, अवज्ञा करना, उपेक्षा करना, तुच्छ समझना, हीन समझना, अयोग्य समझना, छोटा समझना, बुरा समझना, घृणा करना, नफरत करना, हिकारतसे देखना (*~s lying*); *laugh to ~* मुँह चिढ़ाना; *to think ~ of* किसीसे घृणा करना, किसीको नीचा समझना, अपनेसे कम समझना।

scorner n. अवहेलक, तिरस्कर्ता, उपहासक, अवज्ञाकर्ता, उपेक्षक, निन्दक, अवहासक, अनादरकर्ता, अवमाता, नफरत करनेवाला।

scornful a. अवज्ञासूचक, तिरस्कारी, सावज्ञ, सावमान, तिरस्कारपूर्ण, अवमानी, निन्दात्मक, घृणापूर्ण, अवहेलनात्मक।

scornfulness n. तिरस्कारपूर्णता, उपहासपूर्णता, अनादर, उपेक्षा, तिरस्कार।

Scorpio n. वृश्चिक राशि, वृश्चिक; बिच्छू।

scorpion n. वृश्चिक, बिच्छू; वृश्चिक राशि; बड़े-बड़े पत्थर फेंकनेका पुराना यन्त्र; (वाई०) खरखरा कोड़ा (जिसमें कीलें लगी हों);

~ fish, ~ fly, ~-plant, ~-spider, ~ sting.

scortatory a. कामी, वासनापूर्ण, भोगी; काम-विषयक, कामेच्छा-विषयक, कामुकता-सम्बन्धी, भोगेच्छा-सम्बन्धी, लम्पटता-सम्बन्धी।

scorzonera n. इटलीका एक साग।

scot[1] n. कर, देयभाग, लगान, महसूल, टैक्स; ~ free करमुक्त; अक्षत, सुरक्षित; *go ~-free* करमुक्त रहना, बिना महसूल दिये निकल जाना; (प्रायः) सुरक्षित निकल जाना, अक्षत निकल जाना, दण्ड न पाना, बच निकलना, बचे रहना; *pay ~ & lot* बरो (borough)के आर्थिक भारोंमें सहभागी होना, माली मामलोंमें हाथ बँटाना।

Scot[2] n. = SCOTCH; (pl.) स्कॉचजाति (*~sman*)।

Scotch[1] n. अंग्रेजीकी स्कॉच बोली; स्कॉटलैण्डकी ह्विस्की (मदिरा विशेष); ~ broth जौ और तरकारीसे मिलाकर बननेवाला शोरबा; ~ collops भूनने या पकाने योग्य मांसखण्ड और प्याज।

Scotch[2] a. स्कॉटलैण्डका का या तत्सम्बन्धी या स्कॉटलैण्डके निवासियोंका, स्कॉच्; ~ blue आनीलारक्त; ~ geranium आरक्त कषायमूल; ~ marriage गान्धर्व विवाह, पहाड़ी ब्याह; ~ pine गिरि-सरल; ~ rose गिरि-पाटल;

~ barley, ~ bonnet, ~ broth, ~ cap, ~ draper, ~ fir, ~man, ~ pebble, ~ pine, ~ rose, ~ terrier, ~ thistle, ~ whisky.

scotch[3] १. n. क्षत, काट, घाव, खरोंच, घिस्सा, रगड़, जख्म; HOPSCOTCH नामक खेलमें धरतीपरकी रेखा या चिह्न; आड़, रोक; २. v.t. क्षत-विक्षत करना, अपांग कर देना, कुछ अशक्त बना देना, असमर्थ करना, बिना जानसे मारे हुए घायल करना, चिह्न बना देना, थोड़ा-सा काट डालना, खरोंच बना देना, छील देना, जख्मी करना (*we have ~ed the snake, not killing it*)।

scotch[4] १. n. (गाड़ीको ढालपर रोकनेके लिए पहियेके

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

नीचे रखनेकी लकड़ीके कुन्दे आदिकी) टेक; २. v.t. (इस प्रकारकी टेक आदिसे) गाड़ीके चक्केको थामना, टेक लगाना, रोक लगाना, अटकाना।

Scotchy १. n. स्कॉटलैण्डके निवासियोंका अपनाम; २. a. स्कॉटलैण्डकी विशेषताओंसे युक्त, स्कॉटलैण्डी।

scoter n. समुद्री बतख।

scoterythrous n. वर्णान्धता।

scotia n. खम्भेके मूलका नतोदर भाग, महराबदार हिस्सा, खम्भेकी पेंदीपरका गोला।

Scotist n. (डन्स स्कॉटसका) आध्यात्मिक सिद्धान्तवादी।

scotograph n. तमोलिख, अन्धलेखयन्त्र।

scotoma n. तमोबिन्दु, स्कोटोमा।

scotomization n. स्वदोषान्धता, निजावगुणोपेक्षा।

scotophobia n. ध्वान्त-भीति, ध्वान्त-भय, अन्धकार-भीति, अन्धकारभय, अंधेरेसे डर।

scotoscope n. ध्वान्तेक्ष, अन्धकार-दर्श, स्कॉटोस्कोप, (अँधेरेमें देखनेका एक यन्त्र)।

Scot(t)ice adv. स्कॉच् बोलीमें।

Scotticism, -oti- n. स्कॉच बोलीका पद, शब्द या लोकोक्ति, स्कॉच मुहावरा।

Scotticize, -oti- v.t. & i. स्कॉटलैण्डकी रीतियोंसे अनुप्राणित करना, स्कॉच विशेषताओंसे भरना, वहाँकी पद्धतियोंके आधारपर रचना करना, रूप देना, गढ़ना; स्कॉच भाषाकी लोकोक्तिका या स्कॉटलैण्डवासियोंके आचार-व्यवहारका अनुकरण करना।

Scottish a. = SCOTCH[1].

scoundrel n. अधम, खलाधम, दुरात्मा, खल, दुष्ट, निकृष्ट, नीच, पामर, लुच्चा, गुण्डा, आवारा, पाजी, बदमाश, बदजात, शोहदा (आदमी); निरुद्देश्य, विचार-हीन।

scoundreldom n. दुष्टोंका संसार, पाजियोंका राज, बदमाशोंकी दुनिया, गुण्डाशाही।

scoundrelism n. दुष्टता, नीचता, पामरता, पाजी-पन, बदमाशी, गुण्डापन; विचारहीनता।

scoundrelly a. दुष्टतापूर्ण, नीचतापूर्ण, दुष्ट, नीच, पाजी, बदमाशीका, बदमाश, गुण्डेपनसे भरा हुआ।

scour[1] n. क्षालन, नाले आदिकी तेज धारासे सफाई, धो डालनेकी क्रिया; बालोंको स्वच्छ करनेका पदार्थ; अतिसार, पशुओंका छेरना, पोंकना; २. v.t. अभिमार्जन करना, अभिघर्षण करना, परिमार्जन करना, रगड़कर स्वच्छ करना, मल-मलकर साफ करना, घिस-घिसकर माँजना, मलना, रगड़ना, चमकाना (~ *metal*); (नल, नाली, बन्दरगाह आदिको) पानी बहाकर या जोरसे पानी फेंककर स्वच्छ करना, धोना (~ *clothes*); (ओषधि, डाक्टर आदिके सम्बन्धमे) विरेचन देना, आँतोंको साफ करना, जुलाब देना; (धब्बा, जंग आदिको) दूर करना, रगड़कर छुड़ाना, साफ करना; (ला०) कलंक निवारण करना, कलक धोना (~ *away, off*)।

scour[2] v.t. & i. द्रुत गतिसे खोज करना, शीघ्रतासे निश्चित करना, जल्दी करना, जल्दीसे तय करना, तेजीसे तलाश करना (~ *the plain*), किसीकी खोज या अनुगमनमें भटकना, विभिन्न दशाओंमें भागना, उद्विग्नता-पूर्वक भागना, दौड़ना, घूमना, फिरना, जल्दी-जल्दी पग बढ़ाना कदम उठाना।

scourer[1] n. बालचर, स्काउट।

scourer[2] n. परिमार्जक, स्वच्छकर्ता, साफ करनेवाला, माँजनेवाला, रगड़नेवाला; तेज जुलाब; साफ करने या माँजनेकी मशीन।

scourge १. n. उपप्लव, आपदा, संकट, बला; (ईश्वरीय प्रतिहिंसा या दण्डके प्रतीक या यन्त्र माने जानेवाले) कालस्वरूप मनुष्य या पदार्थ; धूमकेतु; कशा, कोड़ा, चाबुक, बेंत; २. v.t. अत्याचार करना, आघात पहुँचाना, दण्ड देना, कष्ट पहुँचाना, क्लेश देना, कष्ट देना, सताना, ताड़ना, पीटना, मारना, सजा देना, तंग करना, हैरान करना, मुसीबत पैदा करना, जुल्म ढाना; (प्रा०) कोड़ा चलाना, चाबुकसे मारना; *the white* ~ क्षय-रोग, तपेदिक, सूखा-रोग।

scourger n. अत्याचारी व्यक्ति, आघाती व्यक्ति, आततायी, क्लेशदायी पुरुष, कष्टदायी व्यक्ति, सतानेवाला आदमी, तंग करनेवाला आदमी, हैरान करनेवाला आदमी, मुसीबत लानेवाला, जुल्मी।

scourging n. कशाघात, चाबुक या कोड़े मारना।

scouring n. क्षालन, रेचन, मार्जन (~ *rush*); पेचिश।

scout[1] १. n. बालचर, स्काउट; (सेना० आदि) गुप्तचर, गूढ़चर, चर, प्रणिधि, भेदी, (शत्रु अथवा परिस्थितियोंका समाचार ग्रहण करनेको भेजा हुआ व्यक्ति), भेदिया, जासूस, मुखबिर; सैन्य-गतिविधि-अनुसन्धान-कार्य, सूचना, खबर, फौजी खबर लेनेका काम (*on the* ~); प्रहरी, पहरेदार, विमान-विध्वंसी या सशस्त्र सेनाओंका गश्त लगानेवाला व्यक्ति; शत्रुके प्रदेशकी जाँच-पड़ताल करने-वाला जहाज; छोटा द्रुतगामी विमान, जल्दी उड़नेवाला छोटा हवाई जहाज; (क्रिकेट, प्रा०) गेंद रोकनेवाला, पदनेवाला, फील्ड करनेवाला; (ऑक्सफोर्ड) कॉलेजका कर्मचारी, सेवक, नौकर; विशेष प्रकारके समुद्री पक्षी आदि; २. v.i. स्काउटकी भाँति काम करना, गुप्तचर या जासूसका काम करना, भेद लेना, देखना; ~master बालचर-नेता; बालचरनायक, स्काउट-मास्टर।

scout[2] v.t. व्यंग्य या उपहासके साथ (किसी प्रस्ताव सुझाव को) अस्वीकार करना, तिरस्कार करना, उसकी हँसी उड़ाना, खिल्ली उड़ाना, नामंजूर करना।

scouter n. पुराना बालचर, सीनियर स्काउट।

scow n. चपटी पेंदीकी एक प्रकारकी नाव, डोंगी।

scowl १. n. क्रोधपूर्ण आकृति, सरोष भ्रूभंग, भ्रुकुटि, भौंह चढ़ाना, टेढ़ी भौंहें, डरावनी सूरत; २. v.t. & i. रोषमें आना, क्रुद्ध देख पड़ना, क्रुद्ध हो जाना, भ्रूभंग करना, भौंह चढ़ाना, नाक-भौं चढ़ाना, माथेपर बल डालना, त्योरी चढ़ाना, तेवर बदलना, टेढ़ी नजर करना, नाराजी दिखाना; गुर्राना, डराना, धमकाना; ~ *down* (व्यक्ति या विरोध आदिको) क्रोधपूर्वक दबा देना, दमन

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

करना, अभिभूत करना, वशमें करना, डाँट-डपटकर काबूमें कर लेना।

scrab v.t. खरोंचना, खुजलाना।

scrabble[1] n. घसीट लिखावट; धक्कमधक्का।

scrabble[2] v. i. अँधेरेमें हूँढ़ना, किसी चीजको पानेके लिए इधर-उधर खरोंचना, इधर-उधर टटोलना, हाथ-पैर मारना; धक्कमधक्का करना, रेंगना; (बाइ०) अनवधानतापूर्वक अस्पष्ट लिखना, उलटा-सीधा लिखना, घसीट लिखना, लापरवाहीके साथ अण्ट-सण्ट लिखना, गन्दा लिखना, चीत-मकौड़ा करना, टेढ़े-मेढ़े अक्षर बनाना।

scrag १. n. मनुष्यका गला, आदमीकी गर्दन; अस्थिप्राय पुरुष, क्षीण या कृश व्यक्ति, पतला-सा पौधा, बहुत ही दुबला मरियल जानवर; पशुके मांसका हड्डीवाला भाग; २. v.t. (स्कूल ग्रा०) घोर यत्रणा देनेके लिए किसी हथियारसे गला ऐंठना, गर्दन दबोचना; गला घोंटकर मृत्युदण्ड देना, गला घोंटना, गर्दन दबाना, गर्दन ऐंठना; फाँसी देना; (फुटबालमें) खिलाड़ीकी गर्दन पकड़कर रोक लेना।

scragged a. असम, विषम; अस्थिप्राय, कृश. क्षीण, दुर्बल, दुबला, सूखा, मरियल।

scraggedness n. अस्थिप्रायता, कृशता, क्षीणता, दुर्बलता, दुबलापन, सूखापन, मरियलपन।

scragginess n. अस्थिप्रायता, कृशता; क्षीणता, दुर्बलता, दुबलापन, सूखापन।

scraggy a. अस्थिप्राय, कृश, क्षीण, रूक्ष, दुबला, रूखा-सूखा, मरियल।

scram ⊙ int. हट !, दूर हो !, भाग जा !

scramble १. n. तीव्र संघर्ष, प्रतियोगिता, होड़, छीना-झपटी, धक्कामुक्की, खींचातानी; २. v.t. & i. कोई वस्तु प्राप्त करनेके लिए (प्रतिद्वन्द्वियोंके साथ) संघर्ष करना, होड़ करना, छीना-झपटी करना, झपट लेना, धक्कमधक्का करना, खींचतान करना (*~ for place*); (लूट या छीना-झपटीके लिए सिक्के आदि) न्योछावर करना, बिखेरना, लुटाना, फेंकना; कठिनाईसे ऊपर चढ़ना, हाथों और घुटनोंके बल चढ़ना, किसी ढाल या ऊँचाईपर घसिट-घसिटकर चढ़ना, पेटके बल चढ़ना; अण्डोंको मक्खन या दूधके साथ कड़ाहीमें पकाना, उनका चीला बनाना।

scrambler n. संघर्षकर्ता, होड़ करनेवाला, छीना-झपटी करनेवाला, धक्कमधक्का करनेवाला, खींचतान करनेवाला; न्योछावर करनेवाला, बिखरानेवाला, लुटानेवाला, छितरानेवाला; घसिटकर चढ़नेवाला, रेंगकर चढ़नेवाला।

scrambling १. n. धक्कामुक्की, छीना झपटी; २. a. अव्यवस्थित, क्रमहीन, अनियमित, बेढंगा।

scran n. (ग्रा०) खाद्य सामग्री, भोजन, व्यंजन, खानेका माल, बचा-खुचा खानेका सामान; *bad ~ to–!* (उसका) अभाग्य, दुर्भाग्य, बदकिस्मती।

scranch v.t. चर्वण करना, चबाना, दँतियाना, दाँतोंसे दरदराना।

scranky a. अस्थिप्राय, कृश, क्षीण, दुर्बल, दुबला, सूखा, मरियल, पतला।

scrannel a. (ग्रा०) (ध्वनि-सम्बन्धी) शिथिल, क्षीण, मन्द, धीमी, पतली, हलकी, कमजोर (आवाज)।

scranny, scrawny ⊙ a. कृश, दुर्बल, दुबला-पतला।

scrap[1] १. n. अवशेष, बची हुई वस्तुएँ, बची हुई बेकारकी चीजें, रद्दी माल; (समूहरूपमें) धातकी छीलन-छालन, छीजन; शकल, अंश, खण्ड, टुकड़ा, कतरन चिथड़ा, धज्जी (*~ metal*); क्षेप्य, किसी संग्रहमें रखनेके लिए किसी पुस्तक या समाचार-पत्रसे काटा हुआ चित्र, अवतरण आदि; ताई हुई चरबीका बचा हुआ भाग, सीठी, तेल निकाली हुई मछली, मछली-फोक; २. v.t. (जहाज, सामग्री आदिको) व्यर्थ घोषित करना, अलग कर देना, रद्दीके ढेरमें डालना, बेकार कह देना; *~-book* खण्डाधार, टुकड़े, चिट, कटिंग आदि चिपकानेकी पुस्तक; *~-heap* बेकार या रद्दीकी चीजोंका ढेर (ला० भी); *~-iron* क्षेप्य लोहा, रद्दी लोहा; *~-paper* पर्चियाँ; *~ of paper* उपेक्षणीय प्रतिज्ञा, अवहेलनीय वचन, तिरस्करणीय निश्चय, झूठमूठका वादा, हवाई वादा।

scrap[2] १. n. संघर्ष, हाथापाई, लड़ाई, झगड़ा, धरपकड़, खींचातानी, झोंक-झड़प, कशमकश (*had a bit of a ~ with*); २. v. i. संघर्ष होना, लड़ाई-भिड़ाई होना, झड़प हो जाना, झगड़ा करना, हाथापाई करना, झगड़ना।

scrape १. n. घर्षण शब्द, करकराहट, रगड़ने या खुरचनेकी आवाज; घर्षण क्रिया, छील-छाल, रगड़न; चिकना करनेका काम, रगड़नेका काम; (प्रणाम करने या झुकनेमें) पैरोंकी रगड़, घिसटन; अजीब संकटपूर्ण परिस्थिति, क्लेशप्रद अवस्था, खतरनाक मौका या हालत; २. v.t. & i. (छीलन, छिलका, धब्बे आदि) दूर करना, रगड़कर या छीलकर साफ करना, छीलना, रगड़ना, हटा देना; खुरदरापन साफ करना, मिटा देना (*~ off the paint*); अपोद्घर्षण करना, किसी पैनी या तिक्कोनी वस्तुसे समतल करना, बराबर करना, चिकना करना, एक-सा करना, खुरदरापन साफ करना, घिसना, खुरचना, चमकाना, हमवार करना, पालिश करना; दाढ़ी बनाना, बाल मूड़ना, शेव करना; किसी वस्तुसे रगड़ खाना या रगड़ते हुए चलना, छूना, घिसना, घिसटकर चलका (*~ against, along, the wall*); खाली करना, खुरच करके खोदना, गड्ढा करना, गढ़ा बनाना, खोखला बनाना; घर्षणध्वनि उत्पन्न करना, खुरचनेकी ध्वनिके साथ खींचना, रगड़नेकी आवाज पैदा करना, घिसनेकी आवाजके साथ निकालना, स्वर निकालना, बजाना, ऐसी आवाज निकालना; लाभप्राप्तिके लिए उपाय करना, पानेकी कोशिश करना (*must ~ up enough for*); मितव्ययता करना, किफायत बर्तना, किफायतसे रहना (*work and ~ as one may*); नोच-खसोटकर या कठिनाई या कंजूसीसे धन एकत्र करना, सम्पत्ति जोड़ना, रुपया-पैसा जोड़ना, बटोरना; *~ acquaintance with* यत्नपूर्वक मैत्री या परिचय चाहना, पहचान निकालना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

किसीसे जबरदस्ती परिचय करना; ~ one's *chin* दाढी बनाना, मूँडना; ~ *through* बच जाना, बाल-बाल बचना, मूँडनेसे बचना; (प्रायः ला०) परीक्षामें कठिनाईसे उत्तीर्ण होना, मुश्किलसे पास होना।

scraper n. निर्घर्षणक, निर्घर्षणी, खुरचनी, राँपी, खुरपी; एक-सा करनेवाला; स्वच्छकर्ता, साफ करनेवाला; खुरचनेवाला, छीलनेवाला; घिस-घिसकर शब्द उत्पन्न करनेवाला, रगड़नेकी वस्तु बजानेवाला; मितव्ययी, धन-संचयी, जोड़।

scrappiness n. खण्डान्वितता, खण्डत्व; व्यर्थता, रद्दीपन।

scrapping n. घर्षण, उद्रेखण, क्षुरण, तक्षण, घिसने, रगड़ने, मूड़ने आदिकी क्रिया; घर्षणध्वनि, रगड़; छीलन, खुरचन, मल; धनसंचय।

scrappy a. खण्डान्वित, खण्ड-खण्ड, टुकड़ेदार, टुकड़े-टुकड़े; व्यर्थ, बेकार, रद्दीसे भरा हुआ।

scratch[1] n. ईषद्व्रण, नखक्षत, नखव्रण, हलका घाव, खरोंच (*got off with a ~ or two*); खुजलानेकी क्रिया, खुजाना; खरोंचने या नोंचनेका चिह्न या निशान या उसका शब्द, ध्वनि, आवाज; प्रस्थान-रेखा (जहाँसे प्रतियोगी प्रतियोगितामें दौड़ आरम्भ करते हैं) (*toe, come to* or *up to, the ~*); बालोंकी छोटी नकली टोपी; घोड़ोंका कण्डू-रोग; ~-cat द्वेष-प्रेरित स्त्री, ईर्ष्यालु स्त्री या शिशु; ~man *or* ~ प्रतियोगी (जिसे किसी विशेष प्रतियोगितामें अन्योंकी बराबरीमें सुविधा या अनुकूलता प्राप्त न हो, बराबरसे दौड़नेवाला; ~-race बराबरकी दौड़; ~-wig बालोंकी नकली टोपी; *a ~ of the pen* द्रुतलेखन, घसीट, घसीटी हस्ताक्षर अथवा लिखित आदेश।

scratch[2] v.t. & i. आखुरण करना, (पंजे, नाखून या अन्य किसी कम या अधिक नुकीली वस्तुसे) खरोंचना, नोंचना, खुरचना, खरोंच मारना, लम्बा पतली खरोंच बना देना, चिह्नित करना, हलका घाव बना देना, निशान बना देना, बकोटना, नाखून मारना, पंजा मारना (*threatened to ~ my face*); (किसी वस्तुका कोई भाग) चिह्नित हो जाना, नुच जाना, खुरुच जाना (*have ~ed my hands badly*); खरोंचकर छेद बनाना, खरोंच करके (अक्षर, चित्र आदि) बनाना, कुरेदना; खुजलाना, नाखूनोंसे बिना घाव किये खुजलाना (~ one's *head*); अपनेको खुजाना, खरोंच लेना; किसी वस्तुकी खोजमें धरती नोंचना, पता लगाना, ढूँढ़ना, जमीनसे कुरेदना (~ *about for stray seeds, evidence* आदि); घसीटना, घसीट लिखना, गिचपिच लिखना; (प्रतियोगितामेंसे किसी घोड़े या प्रतियोगीका नाम) लौटा लेना, कटवा देना; (प्रतियोगिता-सूचीमेंसे) प्रतियोगीका नाम उड़ा देना, काट देना; (दौड़के लिए घोड़ोंकी सूची-मेंसे) नाम काट देना, खारिज कर देना; (लिखे हुए शब्दोंपर) रेखा खींच देना, पेंसिल आदिसे काटा लगाना, मिटा देना, लकीर फेर देना; मितव्ययता या कृपणतासे धन एकत्र करना, पैसा इकट्ठा करना, दौलत जमा करना, रुपया जोड़ना; ~ *along* (ग्रा०) किसी प्रकार जीवन व्यतीत करना, जीविकाका प्रबन्ध करना, जिन्दगीके दिन काटना, गुजर-बसर करना।

scratch[3] a. शीघ्रतापूर्वक संगृहीत, अव्यवस्थित रूपसे संगृहीत, नोच-खसोटकर जमा किया हुआ, ऊल-जलूल तरीकेसे या अन्धा-धुन्दीसे एकत्र; वैषम्ययुक्त, विषम अंशोंसे निर्मित, पचमेल (*a ~ crew*)।

Scratch[4] n. Old ~ दैत्य, दानव, राक्षस, शैतान, पिशाच।

scratcher n. आखुरक; आघर्षक, खरोंचनेवाला, खुरचनेवाला, नोचनेवाला; नाखून मारनेवाला, पंजा मारनेवाला; घसीट लिखनेवाला, गिचपिच लिखनेवाला; विदारक, (लिखी हुई चीजको) काट देनेवाला, पेंसिल चला देनेवाला।

scratchiness n. वैषम्य, विषमता, विभिन्नता, पचमेलपन; चिरचिराहट; कलाहीनता, बेतुकापन, भोंड़ापन।

scratching n. विदारण, आखुरण, खरोंचना; कण्डूयन, खुजलाना, खुजली।

scratchy a. (नाविक, दल आदि) विभिन्न, विषम चरित्रका, भिन्न-भिन्न प्रकृतिवालोंका, अलग-अलग, अन-मेल, पचमेल; अव्यवस्थित, असंगठित, अनवधानतापूर्ण, चातुर्यरहित, कलाहीन, कटा-फटा, बेतुका, भोंड़ा (चित्रांकन); (लेखनी) कागज चीरनेवाली या फाड़नेवाली, कागजपर चिरचिरानेवाली, अटकनेवाली।

scraw n. (घासका) दल, पत्र, पर्ण, पत्ती।

scrawl १ n. दुर्लेख, कुलेख, कुलिखित टिप्पणी या पत्र, घसीट; २. v.t. & i. अस्पष्ट लिखना, उतावलीमें उलटा-सीधा लिखना, घसीट लिखना; अपचिह्नित करना, जल्दी-जल्दीमें गिचपिच लिखना, टेढ़े-मेढ़े अक्षर बनाना, बुरा लिखना, खराब लिखना; कील-काँटे बनाना, कीड़े-मकोड़े बनाना, कागजपर चींटेके-से पैर बनाना।

scrawler n. कुलेखक, कुटिप्पणीकार, उतावला लेखक, गिचपिच लेखक, घसीट लिखनेवाला; कील-काँटे बनानेवाला, टेढ़े-मेढ़े अक्षर बनानेवाला।

scrawly a. कुलिखित, कुटिप्पणीयित, उतावलीमें लिखा गया, गिच-पिच लिखा हुआ, खराब लिखा हुआ।

scrawny a. दे० SCRANNY.

screak[1] n. चीत्कार, चीख, कूक, चरचराहट।

screak[2] v.t. चीत्कार करना, चीखना, चरचराना।

scream १. n. (ग्रा०) अत्यधिक हास्योत्पादक कार्य, खूब हँसानेवाली बात; आर्तनाद, चीत्कार, क्रन्दन, आक्रन्दन, कूक, चिल्लाहट, चीख (*~s of pain*); अट्टहास, खिलखिलाहट, किलकारी; (बिना *article* के) मनोवेग, शैलीका जोर, भावावेश आदिमें बहुत अधिक बलप्रयोग; २. v.t. & i. अट्टहास करना, असंयत होकर हँसना, हँसते-हँसते पेटमें बल पड़ जाना, ठट्ठा मारकर हँसना, खिलखिलाना, खूब हँसना, ठहाके मारना (~ *with laughter*); चिल्लाकर बोलना, चीखकर बोलना, बड़े

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

जोरसे बोलना, कूका देना, कूका मारना (*~ed that she did not dare jump*); उत्क्रोश करना, क्रन्दन करना, आक्रन्दन करना, आर्तनाद करना, चीत्कार करना, चीखना, कराहना, चीख मारना, चिल्लाना, धाड़ें मारना; (भापके इंजिन आदिका) भौं-भौं करना, तीखी आवाज करना, सीटी बजाना।

screamer n. चीखनेवाला, चिल्लानेवाला, क्रियागत अर्थोंमें; एक अमरीकी पक्षी (*crested, horned, ~*); उत्क्रोशक; किसी वस्तुका आसाधारण रूप, अद्भुत रूप या नमूना, कहानी आदि (जिसको सुननेसे खिलखिलाहट या खूब जोरकी हँसी उठती हो)।

screaminess n. कोलाहलपूर्णता, तीव्रबलाघात-युक्तता, चीख-पुकारकी आदत (भाषण-शैली या भावावेशमें), उत्क्रोश, चिल्लाहट।

screaming १. n. आक्रन्दन, उत्क्रोश, कोलाहल, चीत्कार, चीख, चिल्लाहट; २. a. हास्योत्पादक, विनोद-पूर्ण, खूब हँसानेवाला, मजाकिया; *~ ing farce, fun,* etc. विनोद या नकल (जिसे देखकर दर्शक सहसा जोरसे खिलखिला उठे), हास्योत्पादक या हँसानेवाला खेल या तमाशा।

screamy a. कोलाहलपूर्ण, बहुत अधिक बलाघातयुक्त, तीव्र ध्वनियुक्त (भाषणशैली या भावावेश)।

scree n. सम्पात, चढ़नेपर लुढ़कनेवाले छोटे पत्थर (इनसे ढका हुआ पहाड़का ढाल)।

screech n. & v.t. & i. (भय, पीड़ा, क्रोधमें) कठोर या कर्कश ध्वनिमें चीत्कार करना, आर्तनाद करना, चीखना, चीख मारना, चिल्लाना, चिचियाना, गरजना; *~-owl* व्याक्रोशी उल्लू, कालपेचक, जोरसे चीखनेवाला घुग्घू।

screechy a. चीत्कारवत्, कर्कश, तीक्ष्ण, तीव्र, चीखकी तरह कड़ा।

screed n. लम्बा उकतानेवाला व्याख्यान या भाषण, लम्बी उबा देनेवाली सार्वजनिक वक्तृता या लम्बा अरुचिकर पत्र; गारे, चूने या लकड़ीकी पट्टी।

screen १. n. (गर्मी, धूप, वर्षा आदिसे बचानेके लिए लकड़ीका हटाये जाने योग्य) आवरण, पर्दा, ओट, आड़, टट्टी (*fire-~*); आवरण, वादन, पट, यवनिका, परदा, घूँघट, ओट, आड़, कनात, चिक, चिलमन (*prepared the attack behind a ~ of trees*); इनके द्वारा रक्षा करने अथवा छिपानेका उपाय, रक्षा, रक्षा-स्थल, बचावकी तदबीर, गिरजाघरके चारों ओरकी सज्जित भित्ति, सजी हुई दीवाल, गिरिजाघरके बाहरका अग्र-भाग; लकड़ी या पत्थरकी दीवार; छलना, बड़ी छलनी (जिससे कोयला छाना जाता है); सूचनापट्ट, नोटिस-बोर्ड; चित्रपट्ट, सफेद पर्दा (जिसपर चलचित्रोंका प्रतिबिम्ब डाला जाता है); (बिजली, चुम्बक तथा अन्य ऐसी ही वस्तुओंके प्रभावसे) बचानेवाला, शरीररक्षक; (क्रिकेट) किरमिच या लकड़ीका परदा (जो विकेटकी सीधमें सीमाके पास रखा जाता है ताकि बल्लेबाज गेंदको अच्छी तरह देख सकें); (फोटोग्रा०) झिल्ली, पारदर्शक प्लेट, स्क्रीन; जाला, धुन्ध, कोहरे या धुएँका परदा (*under ~ of night*); २ v.t. आश्रय देना, शरण देना, छिपाना, रक्षा करना, बचाना, परदा डालना, ओट या आड़ करना, ओझल करना, पनाह देना; (कोयलेको) चलनीसे छानना; (ला०) (लोगोंको) स्थानान्तरित करना, हटाना; खोज करना, तलाशी लेना; (वायस्कोप या सिनेमाके पर्दे पर किसी दृश्य या वस्तु को) प्रदर्शित करना, दिखाना; a cavalry ~ हरावल घुड़सवार; the ~ चित्रपट।

screened a. प्रच्छन्न, गोपित (*~indicators*); छना हुआ (*~ coal*)।

screening n. अनुवीक्षण, पटेक्षण, एक्स रे प्रेक्षण (*~ examination*); आवरण; चालन, छानना (*~ of rice*); (pl.) छान, छानस, छानने या चालनेसे निकला हुआ कूड़ा-करकट।

screeve v.i. (ग्रा०) फर्शपर चित्रकारी करना।

screever n. कुट्टिम-चित्रकार, कुट्टिम-चितेरा, फर्शपर चित्र बनानेवाला; प्रारम्भिक पत्र-लेखक, आरम्भिक पत्र-कार, नौसिखिया लिखाड़।

screw[1]* १. n. व्यावर्तन-कील, भ्रमि, पेंच*, स्क्रू; (*~-propeller* के अर्थमें भी) हवाई जहाज या पानीके जहाजकी पखी चलानेका पेंच; (*~ steamer* के अर्थमें भी) पेंच या पेंचोंसे चलनेवाला धूम्रपोत या स्टीमर; वक्र गति या प्रवृत्ति, तिरछा घुमाव, टेढ़ा घुमावदार मोड़; पेचका मोड़, मरोड़ी, फिराव, फेर (*give it another ~*); तम्बाकू आदिका छोटा मरोड़ा हुआ कागज; वेतन या मजूरीकी रकम, पैसा; बद्धमुष्टि, कृपण, शोषक, उत्पीड़क, कंजूस, सुम, मक्खीचूस; २. v.t. & i. पेंच या पेंचोंसे बाँधना या कसना, तंग करना (*boards are ~ed down*); अधिक समर्थ और योग्य बनाना, अधिक कसा हुआ बनाना, कड़ा करना, पेंच घुमाना, पेंच फिराना, पेंचकी तरह मरोड़ना, स्क्रू मरोड़ना (*he, the management, wants ~ing up*); बलप्रयोग करना, अत्याचार करना, दमन करना, कठोरता बर्तना, कुचलना, दबाना, भींच देना; सहमति लेनेके लिए विवश करना, दमनके साथ मत लेना, दबाव डालकर बात पूछना; धन हड़पना, पैसा छीनना, बलपूर्वक रकम छीनना; कृपण होना, कंजूस होना; आकार विकृत करना, छोटा करना, तोड़-मरोड़ देना, मरोड़ना, ऐंठना (*~ one's face*); (लुढ़कती हुई गेंद या मनुष्यका) टेढ़ा-मेढ़ा रास्ता लेना, पथभ्रष्ट होना, भटकना, घूमना-फिरना; (पेंच सम्बन्धी) घूमना, फिरना (*~ stiffly, to the right,* etc.); female ~ भीतरी पेंच; *~driver* भ्रमिचालक, पेंचकश; *~-eye* तागेके लिए छेद या सूराखवाला पेंच; *~-jack* भ्रमि उत्थाप, दन्त-चिकित्सकका एक यन्त्र; *a ~ too loose somewhere* कुछ दालमें काला है; *have a ~ loose* दिमाग खराब होना; *put the ~ on* पेंच कसना; दबाना, दबाव डालना, प्रयत्न करना;

~-bolt ~ cap, ~-capped bottle, ~ clip,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ conveyer, ~ coupling, ~-cutter, ~-cutting lathe, ~ gauge, ~-head, ~-mark, ~-nail, ~ nut, ~ pile, ~ pine, ~ plate, ~ thread, ~ top bottle, ~-valve, ~-wheel, ~ worm, ~-wrench.

screw[2] n. बेकार या निकम्मा घोड़ा, मरियल टट्टू, दुबला-पतला या बूढ़ा घोड़ा।

screwable a. पेंच कसने योग्य, कसने लायक।

screwed a. मदोन्मत्त, मत्त, मदमत्त, मदमस्त, मतवाला, धुत्त, पिये हुए, ढाले हुए।

scribacious a. लेखनप्रिय, लिखनेका शौकीन।

scribal a. लिपिकीय, लिपिक-विषयक, लिपिकार-विषयक, लेखक-सम्बन्धी, मुंशीका, मुहर्रिरका, क्लर्ककी; यहूदी न्यायरक्षक-सम्बन्धी।

scribble[1] १. n. अनवधानतापूर्ण लेखन, अस्पष्ट लिखी हुई वस्तु, जल्दीकी टिप्पणी या नोट आदि, लापरवाहीकी लिखाई, कुलेख, घसीट लेख; २. v.t. & i. अस्पष्ट लिखना, गिचपिच लिखना, ऊटपटाँग लिखना, घसीट लिखना, घसीटना, कुलेख लिखना; कलमघिसाई करना; पत्रकार या ग्रन्थकार होना, (व्यंग्य या उपालम्भमें) कवि होना, कविता लिखना, लेखक होना।

scribble[2] v.t. (कपास, ऊनको) मोटे तौरपर धुनना, धुननेकी मशीनसे निकालना, मोटा सूत बनाना।

scribblement n. (क०) अस्पष्ट लेख, लापरवाही और जल्दीकी लिखाई, गिचपिच लेख, घसीट लिखावट।

scribbler[1] n. कुलेखक, घसीट लिखनेवाला, छोटा कवि या लेखक, तुकबन्द, तुकड़।

scribbler[2] n. धुनकनी, रुई धुननेकी चरखी।

scribblings n. (pl.) घसीट लेख; घटिया रचना।

scribbly a. कुलिखित, घसीट लिखा हुआ।

scribe १. n. लिपिक, लिपिकार, लेखक, लिखनेवाला, मुंशी, मुहर्रिर, क्लर्क (*am no great ~*); (बाइ०) प्राचीन यहूदी लेख्य-रचयिता, ईसामसीहके समयका यहूदी धर्मशास्त्रज्ञ और न्यायज्ञ (व्यवहारशास्त्रज्ञ); (*~-awl* के अर्थमें) खरौंची, कलम, लकड़ी या ईंटों आदिपर रेखाएँ अंकित करनेका नुकीला औजार; २. v.t. नुकीले औजारसे चिह्न बनाना, रेखा खींचना, निशान बनाना; अंकित करना, लिखना।

scriber n. चिह्न बनानेवाला, रेखा खींचनेवाला।

scriggle[1] n. विसर्पण, रेंगना, ऐंठन।

scriggle[2] v.t. रेंगना, ऐंठना।

scrim n. पर्दोंके कपड़ोंमें अस्तरका कपड़ा।

scrimmage, scru- १. n. संघर्ष, अव्यवस्थित या विशृंखल युद्ध, झगड़ा, खींचातानी, गुत्थमगुत्था, हाथापाई, धर-पकड़, छीना-झपटी, उलझन, लड़ाई; कोलाहल, हंगामा, शोरगुल; (फुटबॉलके खेलमें फुटबॉलके बीचोबीच मैदानमें होनेपर आगे खेलनेवाले खिलाड़ियोंकी) छीना-झपटी, धक्कामुक्की; २. v.t. & i. खींचातानी करना, गुत्थमगुत्था होना, झगड़ेमें पड़ना, संघर्ष करना।

scrimp १. v.t. & i. कृपण होना, कंजूस होना, कंजूसी करना, अल्प परिमाणमें देना, अनुदारताके साथ देना, तंग करना; कम करना, थोड़ा कर देना; सिकोड़ना; २. a. अल्प, थोड़ा; तंग।

scrimped a. सीमित, संकुचित, न्यूनीकृत, कम किया हुआ; कृपण।

scrimpily adv. कदाचित्, कठिनतासे, मुश्किलसे।

scrimpiness n. कृपणता, कंजूसी, अल्पता, थोड़ापन।

scrimpy a. कृपण, कंजूस; कृपणतापूर्ण; अल्प, थोड़ा, कम।

scrimshank v. i. (सेना०, ग्रा०) कर्त्तव्यसे भागना, उत्तरदायित्वसे कतराना, कामचोर होना, कामसे जी चुराना।

scrimshanker n. कर्त्तव्यसे भागनेवाला, उत्तरदायित्वको न निभानेवाला।

scrimshaw[1] n. उत्कीर्ण शल्क, उत्कीर्ण हस्ति-दन्त, नक्काशीदार हाथी-दाँत।

scrimshaw[2] v.t. & i. (हाथीदाँत इत्यादि) उत्कीर्ण करना, खोदना, नक्काशी करना।

scrinium n. (pl. *-ia*) (पत्रा रखनेकी) नलकी।

scrip[1] n. (प्रा०) पुट, यात्रीका थैला, बस्ता, तीर्थयात्रीका खीसा या खलीता; भिखारीकी झोली।

scrip[2] n. पर्णक; लेख्य; बैंक आदिमें दिये हुए रुपयोंका प्रमाणपत्र; कच्ची रसीद, चिट्ठी, परची, रुक्का, चिट।

script n. लिपि, हस्तलिपि, हस्तलेख, लिखित अक्षर, वर्णमाला, लिखावट; (*~-type*) हस्तलिपि-सदृश मुद्रित अक्षर, अंकन या टाइपमें हस्तलिपिका अनुकरण, हाथकी लिखाईकी नकल; (कानून) मूललेख, मूलप्रलेख, असल दस्तावेज; परीक्षार्थीका लिखित प्रश्नोत्तर, उत्तर-पुस्तिका; चलचित्र-नाट्य, या फिल्मी नाटककी टंकित लिपि, टाइप की हुई प्रति; रेडियोप्रसारकके भाषण अथवा वार्ताका पाठ, लेख, निबन्ध।

scriptorium n. (pl. *-s, -ia*) ईसाई-मठमें अलग लेखनकक्ष, लिखनेका कमरा।

scriptory a. लेख द्वारा, लिखनेका, लिखकर, लिखित, लेख्य, लिखनेसे सम्बन्धित।

scriptural a. धार्मिक, बाइबिलसे गृहीत, बाइबिल-सम्बन्धी; बाइबिलके सिद्धान्तोंपर आधारित या अवलम्बित, शास्त्र-सम्मत, शास्त्रसिद्ध, शास्त्रोक्त, वेदविहित।

scripturalism n. बाइबिलवाद, बाइबिलके सिद्धान्तोंपर आधारित मत, धार्मिक ग्रन्थ-वाद।

scripturalist n. श्रुतिविश, बाइबिलके सिद्धान्तोंका समर्थक या पोषक, बाइबिलवादी, इंजीलपरस्त।

scripturalness n. बाइबिलकी सैद्धान्तिकता, श्रुति।

scripture n. बाइबिलसे गृहीत कोई एक अथवा मुख्य उद्धरण, बाइबिलसे गृहीत अथवा बाइबिलका पाठ (*a ~ text*); बाइबिल, इंजील (प्रायः बिना आर्टिकलके *Holy S~*); वेद, कुरआन, शास्त्र, धर्मग्रन्थ, पवित्र ग्रन्थ, धार्मिक पोथी, मजहबी किताब; (प्रा०) उत्कीर्ण लेख,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

खुदा हुआ लेख; खुदाई; ~-reader (निर्धनोंके घरोंमें) बाइबिलका पाठ करनेवाला, बाइबिलपाठी, इंजीलपाठी।

scripturist n. धर्मग्रन्थ-विज्ञ।

scrivello n. (२० पौण्डसे कम भारका) हस्तिदन्त, छोटा हाथीदाँत।

scrivener n. लिपिक, लेखक, प्रलेखका प्रारूप-लिपिकार, लेखक या प्रारूप-निर्माता, लेख्य प्रारूपकार, प्रलेख प्रमाणक, लेख्य प्रमाणक, विपत्रालोकी, दस्तावेजोंका मसविदा तैयार करनेवाला या लिखनेवाला; ऋणदाता, साहूकार, महाजन, दलाल; ~'s *palsy* लेखकका पक्षाघात (कमर दोहरी हो जानेके कारण वह लिखनेके योग्य नहीं रह जाता है)।

scrivening n. लेखन, लिखना, लिखावट, दस्तावेज; लिखाई।

scrobiculate, -ated aa. गर्तिल, गर्तमय, गर्तयुक्त, खड्डेदार, गड्ढेदार।

scrofula n. कण्ठमाला, गण्डमाला, गलसुआ रोग।

scrofulosis n. कण्ठमाला, गण्डमाला, गलमाला।

scrofulous a. कण्ठमालासे रुग्ण, गण्डमालासे पीड़ित; गण्डमाली, गण्डमाला-सम्बन्धी।

scrofulousness n. गण्डमालाकी अवस्थामें सूजन, कण्ठमालाकी शिकायत।

scrog n. लघुझुपा, छोटी झाड़ी।

scroll १. n. सूची, तालिका, फिहरिस्त; पट्ट, दीर्घपट्ट, लपेटा हुआ चर्मपत्र, लपेटा हुआ कागज, कागजका मुट्ठा, पुराने लपेटे हुए ढंगकी पुस्तक या प्रति, इस रूपमें प्राचीन ग्रन्थ; शिल्पचातुर्य, आलंकारिक डिजाइन, बेलबूटे, नकशा; कुण्डलकर्म, घुमावदार या बहती धार जैसी रेखाओंवाला लकड़ी या पत्थरपर बेलबूटेका काम; २. v.t. & i. कुण्डलित होना या लिपटना, कागजकी भाँति कुण्डलित करना या लपेटना, गोल करके बाँधना; बेलबूटे काढ़ना या बनाना, बेलबूटोंसे सजाना; ~ sawing ⊙ छिद्रोंसे बना कटावदार काम; ~-work कटावदार काम, बेलबूटे।

scroop n. & v. i. कर्कश ध्वनि (करना), कोलाहल, (करना), कानोंको बुरा लगनेवाला शोर (करना)।

scrotal a. मुष्कीय, अण्डकोषीय, अण्डकोष-विषयक, फोता-सम्बन्धी, पेलर-सम्बन्धी, पेल्हड़वाला, अण्ड युग्मका।

scrotiform a. मुष्काकृति, अण्डकोषाकृति, फोता-सदृश, पेलर-सदृश, पेल्हड़ जैसा, अण्डयुग-जैसा, थैली-जैसा।

scrotitis n. मुष्कशोथ, अण्डकोषकी जलन।

scrotocele n. मुष्कवृद्धि, अण्डशोथ, अण्डवृद्धि, फोता बढ़ना, पेल्हड़में आँत उतरनेका एक रोग।

scrotum n. (pl. *-a*) अण्डकोष, मुष्क, फोता, पेलर, पेल्हड़, अण्डयुगल, थैली, स्क्रोटम।

scrouge, scrowdge, scrooge vv. i. & t. मर्दन करना, मसलना, निचोड़ना, दबाना; एकत्र होना, भीड़ लगाना, इकट्ठा होना।

scrounge v.t. & i. (ग्रा०) स्वामित्व प्राप्त करना, वस्तुओंपर अधिकार कर लेना, मालिक बन बैठना; दूसरेकी वस्तु उड़ा लेना, मार लेना, गबन करना, खा-पी जाना, हड़पना, दबा बैठना; चुराकर या बरबस अधिकार करके ले लेना; शिकार करना; हथियाना, ठगना, ऐंठना।

scrounger n. अधिकार करनेवाला, मालिक बन बैठनेवाला; ठग, चोर, लुटेरा, हड़पनेवाला, हथियानेवाला, गबन करनेवाला, खाऊ।

scrow n. (लपेटा हुआ) चर्मपत्र, कागज; लेख, लिखावट; चमड़ेकी कतरन; दे० SCROLL.

scroyle n. शठ व्यक्ति, अधम पुरुष, नीच व्यक्ति, मूर्ख व्यक्ति, अशिष्ट व्यक्ति, गँवार आदमी।

scrub[1] n. घास-पात, घास-फूस, झाड़ी, झाड़-झंखाड़; छोटे सीधे खड़े बालोंवाली मूँछें या ब्रुश; नीच, क्षुद्र या नगण्य व्यक्ति, तुच्छ मनुष्य, बेकारका जानवर या बेकामका पौधा।

scrub[2] १. n. अमरीकाका छोटे बल्ले और गेंदका खेल (*base-ball*, जिसमें कुछ खिलाड़ी नियत संख्यासे कम हों); (अमरीकामें, बोल०) फालतू खिलाड़ी (जो किसी नियमित टोलीका सदस्य न हो); द्वितीय या हलकी टोली, दूसरी या कमजोर टीम; मार्जन, मर्दन, उद्धावन, सफाई, घिसाई, मँजाई, रगड़न, झाड़न, झाड़ू (*give it, he wants, a good* ~); २. v.t. & i. माँजना, मलना, घिसना, रगड़ना, छाँटना; झाड़ू देना, झाड़ना, ब्रुश काममें लाना, ब्रुश करना (*would rather* ~ *for my living*); कोयलेकी गैससे गन्दे तत्त्वोंको बाहर कर देना, निकाल लेना, खींच लेना;

~ forest, ~ jungle, ~ pine, ~-warbler.

scrubber n. रगड़नेवाला आदि क्रियागत अर्थोंमें; रगड़नेका कड़ा ब्रुश; उद्धावक, गैस शुद्धिकारक यन्त्र, कोयला-गैसको शुद्ध करनेका यन्त्र-विशेष, गैस निकालनेका यन्त्र-विशेष।

scrubbiness n. निकृष्टता, क्षुद्रता, तुच्छता, हीनता; अवरुद्ध वृद्धि, गतिरोध, रुकाव, थमाव।

scrubbing n. उद्धावन, मार्जन, मलना, सफाई, छाँटन, झाड़न, रगड़न; गैसके तत्त्वोंका निष्कासन; ~ brush उद्धावनकूर्च।

scrubby a. निकृष्ट, क्षुद्र, तुच्छ, हीन; अवरुद्ध (वृद्धि), प्रतिहत (वृद्धि), रुद्धविकास, नाटा।

scruff n. गुद्दी, गर्दनका पिछला भाग (*take by the* ~ *of the neck*)।

scruffy a. स्तर-सदृश, स्तरवत्, परत-जैसा, पपड़ीदार।

scrum[1], **scrummage**[1] n. खींचा-तानी, गुत्थम-गुत्था, धींगाधींगी, हाथापायी (विशे० फुटबालमें)।

scrum[2], **scrummage**[2] v.t. खींचा-तानी करना, गुत्थम-गुत्था होना, हाथापायी करना, झगड़ा करना।

scrumptious a. (ग्रा०) सुखप्रद, उत्कृष्ट, उत्तम, स्वादिष्ट, आनन्ददायक, सर्वोत्तम, सबसे अच्छा, बढ़िया, स्वादु, मजेदार।

scruple १. n. (आचरण या किसी आचरणके सम्बन्धमें

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

नैतिकता या औचित्यके आधारपर) शंका या संकोच, दुविधा, संशय, विकल्प, विवेकपूर्ण आपत्ति, नैतिक आपत्ति, धर्मसंकट, ननु न च, सदाचार-सम्बन्धी प्रश्न, सन्देह या हिचकिचाहट, झिझक, (*make no ~ to do*); बहुत ही अल्प परिमाण, बहुत ही थोड़ा वजन; प्रमाष, बीस ग्रेनकी तौल-विशेष; २. v.t. & i. नैतिक संकोच होना, ननु न च करना, दुविधामें पड़ना, धर्मसंकटका अनुभव होना, सन्देह करना, हिचकिचाहट होना, हिचकिचाना, शकमें पड़ना, (क्र०); संकोच या दुविधाके कारण विघ्न पड़ना, बाधा पड़ना, रोकना, रुकना, रुक जाना (किसी कामको करनेसे *would ~ lying or a lie*); दुविधा या संकोच आदिके कारण करनेमें संकल्प-विकल्प करना, झिझकना, हिचकना (*does not ~ to say*)।

scrupulosity n. दुविधा, सन्देह, शका, वहम: अतिशय सावधानी, आवश्यकतासे अधिक सतर्कता, चौकन्नापन।

scrupulous a. अतिसूक्ष्म-दृष्टि, सूक्ष्मदर्शी, अति सतर्क, बहुत ही सावधान, सद्-असद्विचारशील, धर्मशील, आचारशील, अनुल्लघनशील, छोटी-छोटी बातोंमे भी विवेकी, धर्मभीरु, सूक्ष्माचारी, अत्युपचारी, धार्मिक, सरलताप्रिय, नियमनिष्ठ, आचारनिष्ठ, सरल, ऋजु, बहुत ही सीधा-सादा, हर बातपर बारीकीसे ध्यान देनेवाला (*~ persons*); अत्यधिक संशयशील, संशयी, आशंकित, शंकाशील, सशंक, सन्देही, शक्की; परम, अति, अत्यन्त, अधिक (*~ cleanliness, respect*)।

scrupulousness n. आचारनिष्ठा, नियमनिष्ठा, आचारशीलता, धर्मभीरुता; सकोच, शंकाशीलता; विवेकपूर्णता; सरलता, सिधाई; याथातथ्य, सचाई।

scrutable a. शोध्य, शोधनीय, परीक्ष्य, निरीक्ष्य।

scrutator n. शोधक, अनुसन्धाता, अनुसन्धानकर्त्ता, जाँच करनेवाला, निपुण निरीक्षक, सूक्ष्म परीक्षक; मतपत्र-परीक्षक।

scrutatory a. अन्वेषी, खोजी, खोज करनेवाला।

scrutineer n. परिनिरीक्षक, सूक्ष्म-निरूपक, मतपत्र-परीक्षक, मतपत्रोंकी भूलोंकी परीक्षा करनेवाला व्यक्ति, बैलटपेपरोंकी जाँच करनेवाला।

scrutinize v.t. सूक्ष्मेक्षण करना, परिनिरीक्षा करना, सूक्ष्म परीक्षा करना, सूक्ष्म परीक्षण करना, निरीक्षण करना, ध्यानसे देखना, छानबीन करना, जाँच करना, गौरसे देखना।

scrutinizer n. परिनिरीक्षक, सूक्ष्म परीक्षक, छानबीन करनेवाला, जाँचनेवाला, खोजनेवाला, गौरसे देखनेवाला।

scrutiny n. परिनिरीक्षण, संपरीक्षण, संवीक्षा, निरूपण, परिदर्शन, शोध, सूक्ष्म अनुसन्धान, सूक्ष्म परीक्षण, निपुण परीक्षण, निरीक्षण, तीक्ष्ण दृष्टि, देखभाल, छानबीन, परख; निर्वाचनमें पड़े हुए मतपत्रोका सरकारी परीक्षण, सरकारी जाँच (*demand a ~*)।

scry v. i. (प्रा०) निरीक्षण करना; (मणिभनिरीक्षणमें) मणिभका प्रयोग करना।

scryer n. मणिभनिरीक्षणमें मणिभका प्रयोगकर्त्ता, मणिभसे देखनेवाला।

scud १. n. द्रुत धावन, तीव्र धावन, वेगपूर्ण गमन, दौड़-धूप, भागाभागी, भागदौड़, रेलपेल; चल मेघ, वाष्पीय मेघमाला, चलाभ्र, उड़ते हुए बादल; २. v. i. (नौवि०) पवनकी दिशामें उड़ना, हवाके आगे दौड़ना, हवाके रुखपर भागना; अतिवेगसे सहसा दौड़ना या उड़ना, भागते चले जाना, सीधे-सीधे भागते जाना, ऊपरसे होकर निकल जाना, उतराते हुए-से भागना, हवा हो जाना।

scuddle v. i. डुबानेके लिए जहाजमें छेद करना।

scudo n. स्कूडो (एक प्राचीन इतालो सिक्का)।

scuff[1] n. = SCRUFF.

scuff[2] v. i. लड़खड़ाकर चलना, लड़खड़ाना, पैर घसीटकर चलना; घसिटना; फेंटना।

scuffle[1] १. n. विमर्दन, अव्यवस्थित संघर्ष, हाथापायी, गुत्थमगुत्था, धक्कमधक्का, कुश्तमकुश्ता, भिड़न्त, धींगामुश्ती; २. v. i. हाथापाई करना, गुत्थमगुत्था होना, धक्कमधक्का करना, कुश्तमकुश्ता होना, धींगामुश्ती करना।

scuffle[2] १. n. खुरपा; २. v.t. गोड़ना।

scuffler n. हाथापाई करनेवाला, धक्कामुक्की करनेवाला, धींगामुश्ती करनेवाला; मिट्टी खुरचनेकी कुदाली।

scug n. गोबर गणेश, मिट्टीका माधो।

sculduddery[1] n. कामेच्छा, कामुकता, विलासिता, भोगेच्छा, चुदक्कड़पन।

sculduddery[2] a. कामेच्छु, कामुक, विलासी, भोगेच्छु, चुदक्कड़।

sculduggery ⊙ a. भ्रष्टाचार, बेईमानी।

scull १. n. क्षुद्र क्षेपणी, छोटी पतवार, चप्पू, डाँड़ (विशे० नावके पिछले भागमें किसी दाँतेपर स्थित); २. v.t. & i. नावको आगे बढ़ाना, छोटे डाँड़ोंसे नाव खेना, चलाना।

sculler n. छोटी नौका, दो डाँड़ोंसे खेयी जानेवाली नाव, डोंढ़ा; नाव खेनेवाला, खिवइया, डाँड़ चलानेवाला।

scullery n. रसोईघरका कोठा (जिसमें बर्तन धोये जाते हैं)।

scullion n. (प्रा०, का०, भाषण०) पात्रमार्जक, महरा, छोकरा, रसोईघरका लड़का या नौकर (जो रकाबियों और बर्तनोंको धोता है)।

scullionly a. (रसोईघरके) बालभृत्य-सदृश, लड़के-जैसा, छोकरेका।

sculp v.t. & i. उत्कीर्ण करना या होना, नक्काशी करना या होना, खोदना।

sculptor n. तष्टा, मूर्तिकार, मूर्तिशिल्पी, शिल्पशास्त्री, शिल्पकार, शिल्पी, तक्षक, भास्कर, सगतराश, नक्काश।

sculptural a मूर्तिकला-विषयक, तक्षण या भास्कर-कला-सम्बन्धी।

sculpture n. शिल्पकला, मूर्तिकला, प्रतिमा-निर्माण, भास्करविद्या, भास्करशिल्प, तक्षणकला, पत्थर तराशी,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(लकड़ी, मिट्टी, धातु आदिकी मूर्तियाँ, आकृतियाँ), खिलौने आदिके निर्माणकी कला, संगतराशी, नक्काशी; उत्कीर्ण मूर्ति, प्रतिमा, काटकर या खोदकर बनाई हुई कोई वस्तु; (जन्तुवि०, वन०) सीपी आदिपर उभरे हुए या धँसे हुए चिह्न, निशान; २. v.t. & i. प्रतिमा निर्माण करना, मूर्ति बनाना; मूर्तिकलाके द्वारा शोभायुक्त बनाना, सज्जित करना, सजाना; मूर्ति-निर्माण करना, शिल्पकारी करना, संगतराशी करना; मूर्तिकार होना, मूर्तिशिल्पी होना, संगतराश होना; (p.p. जन्तुवि० एवं वन०) उत्कीर्ण, सीपीपर उभरे हुए या धँसे हुए चिह्नों वाला।

sculpturesque a. मूर्तिनिर्माण कलाके अनुरूप, भास्कर-शिल्प-युक्त, सुन्दर।

sculpturing n. मूर्त्तिकला, मूर्त्ति-निर्माण, तक्षण, निरेखण, चित्रण।

scum १. n. मलफेन, झाग, फेन, मैल, माँड़, फफूँद, झिल्ली; (ला०) उच्छिष्ट, निकृष्टतम भाग, असार अंश, मल, मैल, खोई, मली, तलछट, कूड़ा; छादन, स्तर; २. v.t. & i. झाग उतराना, मैल आना, फेन बनना; फेन या मैल उतारना, झाग लेना, ऊपरकी झिल्ली उतारना; (किसी तरल पदार्थमें) फेन आना, मैल पड़ना।

scumble १. n. हल्का रंग, हल्का पुचारा; २. v.t. (तैलचित्रोंको) पतले-धुँधले रंगके द्वारा हल्का करना, रंगका हल्का पुचारा देना।

scummer n. फेन या मैल उतारनेकी पौनी।

scummings n. झाग, फेन, मैल।

scummy a. झागदार, फेनिल, मैलवाला, माँड़दार, फफूँद-लगा।

scuncheon n. बुर्जकी डाट।

scunner १. n. जुगुप्सा, घृणा, अत्यधिक अरुचि, नापसन्दगी; हेय पदार्थ, घृणित वस्तु, अरुचिकर वस्तु, बहुत बुरी चीज; २. v.t. & i. घृणा उत्पन्न करना, अरुचि उत्पन्न करना; विरक्त करना, उबाना; घृणालु होना, घृणा करने लगना, विरक्तिका अनुभव करना।

scupper[1] n. डेकसे पानी ले जानेके लिए जहाजकी बगलका छेद, जहाजकी मोरी।

scupper[2] v.t. निर्णय करना, फैसला करना; तियापाँचा करना; नाविकदलको डुबोना, जहाज डुबोना, बेड़ा गर्क करना; एकाएक वध करना, यकायक कत्ल करना।

scurf n. दारुणक, रूसी; मैल-कुचैल, फफूँद आदिकी तह; शुष्क-चर्म, सिध्म, चमड़ेपरकी सूखी पपड़ी; दाग, धब्बा।

scurfiness n. रूसी, फफूँदपन, पपड़ीलापन।

scurfy a. रूसीदार, फफूँदलगा, पपड़ीला, पपड़ीदार, खुरण्टदार।

scurrile a. वाग्दुष्ट, मुखर, अश्लीलभाषी, अश्लीलवादी, कुभाषी, गन्दा बोलनेवाला, फूहड़ बकनेवाला, बदजबान।

scurrility n. वाग्दुष्टता, मुखरता, पाजीपन; घोर अश्लीलता, अश्लील भाषा, कुभाषिता, भँड़ैती; नीचता, गन्दापन, भद्दापन, फूहड़पन, बदजबानी।

scurrilous, scurril(e) aa. अश्लीलभाषी, दुर्भाषी, कुभाषी, नीच, भद्दा, बदजबान (मनुष्य); घोर अश्लील, अत्यधिक अश्लील, क्षुद्र, गन्दी, भद्दी, फूहड़ (भाषा); वाग्दुष्ट, कटुभाषी, दुर्मुख, मुखर, भँड़ैतभरा; जघन्य।

scurrilousness, scurrility nn. अश्लीलभाषिता, दुर्भाषिता, कुभाषिता, दुर्वचन, अश्लीलवादिता, गालीगलौज; क्षुद्रता, गन्दापन, भद्दापन, फूहड़पन; वाग्दुष्टता, कटुभाषिता, दुर्मुखता, मुखरता; क्षुद्र भाँड़पना, भँड़ैती; जघन्यता।

scurry १. n. द्रुत धावन, तेज दौड़, छोटी तेज घुड़दौड़; जल्दी, हड़बड़ी, सरसराहट, तेज भागनेकी आहट; २. v. i. (तेज छोटे कदमोंके साथ) तेजीसे भागना, चम्पत होना, खिसक जाना, जल्दी-जल्दी दौड़ना, दुम दबाकर भागना, फरार हो जाना, काफूर होना, रफूचक्कर होना (*the ~ing mice*); (polo-~) चौगान या पोलोके घोड़ोंकी दौड़।

scurvied a. दन्तरोगका रोगी; दन्त रोग-विषयक।

scurviness n. नगण्यता, क्षुद्रता, तुच्छता, हीनता, अधमता, कुत्सितता, गर्ह्यता, घृण्यता, नीचता, पाजीपन, कमीनापन।

scurvy १. n. लवणरक्त, शीताद, दन्तरोग, स्कर्वी; २. a. शीतादग्रस्त, स्कर्वीवाला, नगण्य, क्षुद्र, तुच्छ, हीन, अधम, कुत्सित, गर्ह्य, घृण्य, घृणाके योग्य, नीच, योग्य, पाजी, कमीना (*a ~ trick, fellow*); ~-grass दन्तरोगमें काम आनेवाला सरसोंकी जातिका एक पौधा।

scut n. लघु पुच्छ, छोटी पूँछ।

scutage n. (इति०) पारिश्रमिक, सेवाधन, (सामन्ती भूस्वामी द्वारा निजी सेवाके बदलेमें दिया हुआ), मेहनताना।

scutate a. वर्मयुक्त, ढालवाला, चमड़ावाला।

scutation n. वर्मयुक्तता, चमड़ी या ढाल बनना।

scutch[1] n. (धीरे-धीरे) पीटनेवाली मशीन।

scutch[2] v.t. (धीरे-धीरे) पीटना, कोड़ा मारना; पीट-पीटकर ढीला करना।

scutcheon n. चिह्नपत्र, नाम खोदने या और कुछ खुदानेके लिए धातुपत्र; तालेका मुखयान, तालापट्टी, (परदा जो तालेके मुँहपर लगा देते हैं)।

scutcher n. विधूलक, स्कचर, (धीरे-धीरे पीटनेवाली मशीन)।

scutching n. विधूलन, पीटना।

scute n. वरूथ, कवच, वर्म, बख्तर; चमड़ी।

scutiform a. वर्माकार, ढाल-सदृश, ढालकी आकृतिका, ढालके आकारका।

scutter १. n. द्रुत धावन, तेज दौड़, हड़बड़ी; २. v. i. (तेज छोटे-छोटे कदमोंके साथ) जल्दीसे भागना, चम्पत होना, फरार होना, रफूचक्कर होना।

scuttle[1] n. (प्रायः *coal-~*) एक बार चूल्हेमें जलानेके लिए कोयला रखनेका बर्तन, तस्ला; डलिया, टोकरा।

scuttle[2] १. n. वातायन, छिद्र; (किसी घरकी दीवाल या किसी जहाज, डेक, पार्श्व या पटावमें)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

ढक्कनदार छेद; (मोटरकी बॉडीको उसके इंजिनके ढकनेसे) जोड़नेवाला छड़; २. v.t. जहाजमें छिद्र बनाना, छेद करना, जहाजके पेंदेकी नालियाँ खोल देना, सूराख करना।

scuttle[3] n. द्रुत गमन, तीव्र गति, उतावलीका संघर्ष या प्रस्थान, जल्दी-जल्दीकी लड़ाई या रवानगी, फरारी।

scuttle[4] v. i. (संकट या कठिनाईसे) खिसकना, भाग खड़े होना, जल्दी-जल्दी भागना, जल्दी करना, फरार होना, चम्पत हो जाना, तेजीसे चलना, दुम दबाकर भागना, चलते बनना, ताबड़तोड़ भागना, रफूचक्कर होना, नौ-दो ग्यारह होना।

scuttler n. सकटसे पलायन करनेवाला, खतरेसे भागनेवाला; द्रुतवाजी व्यक्ति, शीघ्र भागनेवाला व्यक्ति, चम्पत हो जानेवाला आदमी, दुम दबाकर भागनेवाला।

scyphus n. (pl. -*i*) (वन०) छत्र, टोपी।

scythe १. n. लवित्र, दराँती, हँसिया; २. v.t. दराँतीसे काटना, हँसियासे काटना।

scythed a. लवित्रयुक्त; फलदार (रथ)।

scyther n. हँसियावाला, हँसियाका प्रयोग करनेवाला।

'sdeath int. (प्रा०, क्रोध, विस्मय आदि सूचक अव्यय) हे राम! ईश्वरकी सौगन्ध।

sea* n. वारिधि, जलधि, उदधि, अर्णव, रत्नाकर, सिन्धु, समुद्र*, सागर, महासागर, जल, जलभाग, समन्दर, (*by ~ and land*); समुद्रका विशेष खण्ड (*Caspian ~*); समुद्रगत आन्दोलन, जल-प्लावन, उत्ताल तरंग, सागरका स्थानीय गतिक्रम या स्थानीय अवस्था, हिलोर, तरंग, लहर, बाढ़, चढ़ाव, बड़ी लहर, मौज (*~s mountains high*); परिमाणका प्राचुर्य, प्रचुरता, प्रभूतता, बहुलता, आधिक्य, व्यापकत्व, व्यापकता, विशालता, बहुतायत, प्रसार, विस्तार, फैलाव (*a ~ of troubles*); (गुण० एवं संयो० में) सागरीय, समुद्री, समुद्रमें रहनेवाला, समुद्रपर, समुद्रमें, समुद्रका, समुद्रके समीप, समुद्रकी भाँति; high ~ ऊँची लहरें; ~ air सागरीय वायु, समुद्री हवा; ~ bathing सागर-स्नान, समुद्र-स्नान; ~-blight लवणिका; ~board समुद्रांचल, समुद्रतट, सागरीय तट, तटीय भाग, समुद्रतटीय रेखा, किनारा; ~-boat पोत, जलयान या जहाज; ~-born समुद्रोत्पन्न, समुद्रजात, समुद्रमें पैदा; ~-borne समुद्रीय, समुद्री, समुद्रके मार्गसे लाया हुआ; ~-calf सील मछली; ~ captain पोताध्यक्ष, महानाविक या नायक, जहाजका कप्तान; प्रमुख पोतवाह, प्रधान पोतचालक; जलसेना अथवा व्यवसाय-सेनाका नायक; ~ change (समुद्रका) रूपान्तरीकरण, रूप-परिवर्तन, स्वरूप-परिवर्तन, आकार-परिवर्तन; ~-cock पक्षियों और मछलियोंकी जातियाँ; नली (जिसके द्वारा जहाजके भीतरी भागमें समुद्रका पानी लिया जाता है); ~ cook पोतपाचक; (नौवि०) अपशब्द, गालीका शब्द; ~-cow समुद्री-गौ, समुद्री गाय; गोमीन, एक प्रकारकी मछली; ~-dog समुद्री कुत्ता, एक प्रकारकी सील मछली; पुराना नाविक या मल्लाह; ~faring समुद्रयात्रावृत्ति; नाविकवृत्तिधारी, सांयात्रिक, समुद्रगामी, समुद्रयात्राप्रिय; ~-fight युद्धपोतोंका संघर्ष, समुद्री युद्ध, जहाजी लड़ाई; ~ front तटीय नगरभाग, समुद्रके सामनेका नगरभाग; ~-girt जलावृत्त, सागरवेष्टित, समुद्रवेष्टित, समुद्रसे घिरा हुआ; ~-god(-dess) समुद्र देव या देवता, समुद्रदेवी, वरुणदेव; ~going समुद्र-विचरणशील, समुद्रगामी, खुले समुद्रमें यात्रा करनेवाला (जहाज); समुद्री यात्रा; ~-green समुद्रवत् नीलिमायुक्त, हरितवर्ण, श्याम-हरित, सागर-वर्ण; ~-gull करण्ट, समुद्रकाक, समुद्रचिल्ली, समुद्री पक्षी; ~-horse अश्वमीन, अश्वमत्स्यक, दरियाई घोड़ा; समुद्रदेव, वरुणके रथमें जुतनेवाला घोड़े-जैसे मुँह और मछली-जैसी पूँछवाला पशु; ~ journal नौगति-पंजी; ~ kale एक प्रकारकी समुद्री गोभी; ~-king (मध्ययुगीन स्कैण्डिनेवियाके) जलदस्युदलका नेता, समुद्री डाकुओंका सरदार, समुद्री राजा; ~ lawyer (नौवि०) छिद्रान्वेषी, दोषदर्शी, विवादी, नुक्ताचीनी करनेवाले व्यक्ति (के लिए अनादरसूचक शब्द); ~-legs झकोले खाते हुए जहाजके डेकपर चलनेकी अवस्था या अभ्यास, आदत (*has not yet got his ~-legs*); ~ lion जलसिंह, समुद्री सिंह; बड़े कानवाली सील मछली; ~man सामुद्रिक, पोतवाह, नाविक, मल्लाह, जहाजरान; (जलसेना०) कार्यकारिणी अथवा उच्चतर-पोताधिकरण, उच्च शाखाकी नाविकश्रेणी; नौविद्या-सम्बन्धी विषयोंमें दक्ष व्यक्ति, जहाजरानीके कामकाज समझनेवाला आदमी; ~manship जहाजरानी; ~-mark प्रकाशस्तम्भ, प्रकाशागार आदि या कोई चिह्नित पदार्थ (जो नाविकोंको मार्ग ढूँढ़नेमें सहायता दे); ~-mat वरुण-कट; ~-mew समुद्रकाक, समुद्रचिल्ली, पक्षी-विशेष; ~-nymph समुद्र-अप्सरा, सागरकन्या, समुद्री परी; ~-pay समुद्रसेवा-वेतन; ~-pen एक समुद्री सर्प, जलजन्तु-विशेष; ~ pie एक प्रकारका तटीय पक्षी; मल्लाहकी नमकीन मांससे भरी हुई कचौड़ी, समोसा आदि; ~-piece समुद्री दृश्य या चित्र; ~ pink तटीय पुष्प, समुद्री गुलाब-जैसा फूलवाला पौधा; ~plane समुद्री विमान, समुद्री हवाई जहाज; ~port समुद्रद्वार, नौकाश्रय, सागरपत्तन, समुद्री बन्दरगाह; ~quake समुद्रकम्प; ~-room समुद्रमें खुली जगह; ~ rover जलदस्यु, जलदस्यु या समुद्री डाकूका जहाज; ~-scape समुद्री दृश्य या चित्र; ~ serpent समुद्रमें रहनेवाला साँप; विशाल अजगर-जैसा समुद्री दैत्य; ~-wall समुद्री दीवार, समुद्र रोकनेका धुस्स; ~-way जहाजकी गति या रफ्तार; पोतस्थान (जहाँ खुले पानीमें जहाज रुकता है); ~weed समुद्रमें उगनेवाली सेवार या घास; ~worthiness n. समुद्रमें चलनेकी योग्यता; ~worthy समुद्रमें यात्रा करने योग्य, मजबूत और ठीक प्रकारसे बँधा हुआ (जहाज); *a heavy ~* उठनेवाली लहरोंका सागर; *at ~* समुद्रपर; अनिश्चित; *beyond, over, ~ or ~s* समुद्र-पारके देशोंको या देशोंमें; *go to ~*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

नाविक होना, मल्लाह होना; *on the* ~ समुद्रतटपर स्थित, समुद्रके किनारे; जहाज आदिमें; *put to* ~ समुद्रमें प्रवेश करना, तट या बन्दरगाह छोड़ना, समुद्री यात्रा करना; *the four* ~*s* ग्रेट ब्रिटेनको चारों ओरसे घेरनेवाले समुद्र; *the high* ~*s* (तटसे तीन मीलकी दूरीसे परे) खुला सागर;

~ accident, ~-adder, ~-ape, ~-bat, ~ beach sandwort, ~ bear, ~ beet, ~-berry, ~ bird, ~ blubber, ~ blue, ~-borne trade, ~ boy, ~ bream, ~ breeze, ~-brief, ~ buckthorn, ~ chart, ~ coast, ~ coast artillery, ~ cocoanut palm, ~ craft, ~ crayfish, ~ cucumber, ~ customs, ~ duck, ~-eagle, ~ elephant, ~-fan, ~ fish, ~-foam, ~-fog, ~-fowl, ~ frontiers, ~-froth, ~ going craft, ~ grape, ~-hare, ~ holly, ~ insurance, ~ island, ~-lane, ~-lark, ~ leopard, ~ letter, ~ level, ~-lily, ~ man's visa book, ~ marge, ~ margin, ~ men's hospital, ~ mine, ~ moss, ~ mouse, ~-monster, ~-mussel, ~ nettle, ~ nymph, ~ onion, ~ otter, ~-owl, ~-parrot, ~ passage, ~ pea, ~ pen, ~plane alighting area, ~plane station, ~-policy, ~ power, ~ pumpkin, ~ purslane, ~ return, ~ risk, ~ route, ~ salt, ~ scorpion, ~ scouts, ~ search radar, ~-shell pink, ~-shore, ~ sickness, ~side, ~side plum, ~ snail, ~ snake, ~-spider, ~-swallow, ~ thong, ~-thrift, ~ toad, ~ transport, ~ trout, ~ turtle, ~ urchin, ~-water, ~-weed, ~-weed green, ~-wormwood, ~worthy conditions, ~worthy trim.

seah n. सीया (एक यहूदी माप)।

seal[1] १. n. जलव्याघ्र, एक बड़ा समुद्री पशु, सील; २. v. i. सील मछलीका आखेट करना, सीलका शिकार खेलना, शिकार करना; ~ rookery सील मछलीकी पोषणशाला; *eared* ~ or *otary* (साधारण सीलसे भिन्न) कानवाली सील मछली।

seal[2] १. n. मुद्रा, छाप, मुहर, ठप्पा, सील (*given under my hand & ~*); (ला०) विशिष्टता, महत्त्वपूर्ण या भविष्यसूचक चिह्न, निशानी (*has the ~ of death in his face*); रल, मणि या धातु आदिका ठप्पा (जो लाख या कागजके ऊपर मुहरके काम आता है (*~-ring*); प्रदत्त वस्तु, सम्पादित कार्य, दी हुई चीज; प्रमाण, दृढ़ीकरण, सबूत या गारण्टीके रूपमें मानी हुई घटना (*baptism and the Lord's Supper are ~s of God's covenant with us*); डाट, काग, डट्टा (विशे० पक्की तरह बन्द करनेवाला); २. v.t. मुद्रांकित करना, मुहर लगाना, मुहरबन्द करना, ठप्पा या छाप लगाना, पक्का करना; सच्चा अनुराग प्रकट करना, सच्चा प्रेम प्रकट करना, वास्तविक प्रीति दिखाना, भक्ति दिखाना; विशिष्ट चिह्न अंकित करना, खास निशान बनाना; अखण्ड रूपसे निर्णीत करना, पूर्ण रूपसे निश्चित करना, पहलेसे निर्दिष्ट अथवा नियत करना, पूरी तरहसे तै करना (*his fate is ~ed up*); पृथक् करना, अलग करना (*death has ~ed her for his own*); (नौसेना विभागके सम्बन्धमें) सरकारी रूपसे (कोई नमूना या निशान) ग्रहण करना, कोई डिजाइन मानना; सुरक्षापूर्वक सीमित करना, कारागारमें रखना, कैदमें रखना, बाँध लेना; (सीमेण्ट आदिके साथ दीवार आदिमें U के आकारका) लोहेका टुकड़ा या कड़ी जड़ना; डट्टा या काग लगा देना, सुरक्षापूर्वक बन्द करना, बिल्कुल बन्द करना, ठूँसकर बन्द करना, सी लेना (*my lips are ~ed*); Fisher's S~ पोपकी मुद्रा (जिसपर पीटरको मछली मारते हुए दिखाया है); Great S~ प्रधान मुद्रा (जिसे ब्रिटेनके लार्ड चांसलर या लार्ड कीपर पार्लियामेण्टके लेखों-प्रलेखों आदिपर लगाते हैं); leaden ~ (तारके सिरोंपर लगायी जानेवाली) सीसेकी मुहर; the ~s लार्ड चांसलर या सेक्रेटरी ऑफ स्टेटके कार्यालयमें प्रयुक्त मुहर; ~ *of love* चुम्बन, चूमा; शिशुजन्म, बच्चेका जन्म; ~*-pipe* किसी नलीका सिरा पानीमें डुबोना; ~ *up tin* टीनका टाँका लगाना; *set* one's ~ *to* किसी लेख्यपर मुद्रा अंकित करना, प्रमाणित करना, मुहर लगाना, (किसी सन्दूक या कमरेका) मुहर लगाकर बन्द यरना (ताकि बिना स्वामीकी आज्ञाके खोला न जा सके); *under* ~ *of confession, confidence, silence*, etc. (ला०) गुप-चुप स्वीकरण, गुप्त पत्र-व्यवहार, रहस्यपूर्ण।

sealed a. सम्मुद्रित, मुद्रांकित, मुद्राबद्ध, मुद्राकृत, मुहरबन्द, मुहर किया हुआ (~ *bottle, letter*); S~ Book of Common Prayer प्रमाणित प्रार्थना की पुस्तक (चार्ल्स द्वितीयके अधीन, प्रधानमुद्रा द्वारा प्रमाणित एक पूर्ण प्रति); ~ pattern नौसेना-विभागके वेशका आदर्श रूप, नौसेनाके सिपाहियोंकी ड्रैस; *is a ~ book to me* कोई ऐसी वस्तु जिसका मुझे कोई ज्ञान नहीं, मेरे लिए तो यह रहस्य है और रहेगा; *my lips are* ~ मुझे नहीं बोलना चाहिए, मेरे ओंठ बन्द हैं।

sealer n. SEAL के क्रियागत अर्थोंमें; सम्मुद्रक।

sealery n. जलव्याघ्र-मृगयास्थान, सील-आखेट-स्थल, सीलके शिकारकी जगह।

sealing n. सम्मुद्रण, मोहरबन्दी, ठप्पा लगाना जलव्याघ्राखेट, जलव्याघ्र-मृगया, सीलका; शिकार; ~ disc मोहर टिकुली; ~-wax मुहर लगानेकी लाख, लाख।

sealyham n. (~ *terrier* भी) शिकारी कुत्ता।

seam n. सन्धि, सन्धि-रेखा, दो स्तरों या पर्तोंके बीचकी विभाजन-रेखा, अलग करनेवाली लकीर; क्षतचिह्न, घावका

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

निशान; दो मोटी पर्तोंके बीच कोयलेका क्षीण स्तर, पतला पर्त; समानान्तर किनारोंके बीचकी दरार (*ship's ~s want caulking*); (लकड़ीकी पटियोंके किनारोंकी) मिलनेकी रेखा, जोड़, लकीर; कपड़ेकी सीवन; (श० र० शा०) सीवन, सिलाई; २. v.t. मोजे आदिमें धारियाँ बनाना, धारियाँ काटना; क्षतचिह्न या दरार बनाना, घावका निशान बनाना (विशे० भूतकुदन्त); मिलन-रेखा बनाते हुए जोड़ना, टाँका लगाना, जोड़ मिलाना, सीकर जोड़ देना, सीवन मिलाना, बखिया लगाना; ~-lace सीवन बेल, सिलाईका फीता, टाँका जानेवाला फीता; ~-presser दर्जीका सीवन पर इस्तरी करनेका लोहा, इस्तरी आदि; खेतीका औजार (जिससे हलके द्वारा बनायी गयी लकीरोंको चौरस करते हैं)।

seamer n. सीवक, सीवन डालनेवाला, सीवन बनानेवाला; क्षतचिह्नकर्ता, दरार बनानेवाला, धारी बनानेवाला।

seamless a. क्षतचिह्नरहित, घावके निशानके बिना; असीवन, सीमन्तहीन, सीवनरहित, बिना सियनके, बिना जोड़के, बिना दरारके।

seamstress, semp-, n. दर्जिन, कपड़ा सीनेवाली स्त्री।

seamy a. क्षतचिह्न-युक्त; सन्धियुक्त, सीमन्तयुक्त, सीवनयुक्त, सीवनदार, सिलाईदार; ~ *side* (किसी कपड़के भीतरका) सीवनदार भाग, उलटा तरफ; (ला०) जीवनका शुष्क या आकर्षक पक्ष, जिन्दगीका अंधेरा पहलू, बुरे दिन, उलटे दिन।

seance n. (आध्यात्मिक या अध्यात्म-सम्बन्धी प्रदर्शन अथवा अनुसन्धानकी) सभा, मीटिंग; किसी विचार-मण्डल या सभाकी बैठक।

seannachie n. (स्काटलैण्डका) चारण, स्तुति कर्ता, स्तवन-कर्ता, भाट; वंशावली विज्ञ।

sear[1] १. v.t. निर्जीव बनाना, जड़ बनाना, कठोर बनाना, कड़ा बनाना, सख्त करना (*to ~ heart or conscience*); जलाकर चिह्न बनाना; कलंक लगाना, गर्म लोहेसे जलाना, दाग देना; (वन०) शुष्क करना, झुलसा देना, पाला मारना, सुखाना, मुरझाना; २. a. (पत्तियों, फूलों आदिके सम्बन्धमें; एवं ला० जीवन-सम्बन्धी) शुष्क, विशीर्ण, ग्लान, मृतप्राय, सूखा, मुरझाया हुआ (*the ~, the yellow leaf* वृद्धावस्था); ~ing -iron दाग लगानेका लोहा।

sear[2] n. = SEER[1].

search १. n. विचयन, शोध, अनुसन्धान, अन्वेषण, खोज, ढूँढ़, देखभाल, जाँच, तलाश, तलाशी (*am in ~ of*); २. v.t. & i. शोध करना, अनुसन्धान करना, अन्वेषण करना, तलाश करना, खोजना, ढूँढ़ना, पता लगाना, पूछताछ करना, जाँच-पड़ताल करना, तलाशी लेना; (part. परीक्षा-सम्बन्धी) पूर्णरूपेण या भली भाँति, तलाशी लेना, पूरा-पूरा या पूरी तरह छानबीन करना, बिना कोई कमी छोड़े परीक्षा लेना, पता लगाना, पूछना; (गहरी खाईके) भीतरी भागमें प्रवेश करना, पैठना, घुसना; पानेकी चेष्टा करना; ~light प्रक्षेप-प्रकाश, विदर्शनालोक; अन्वेषक-प्रकाश, बिजलीकी तेज रोशनीकी बत्ती (जिसको घुमाकर दूरकी वस्तु स्पष्ट रूपसे देखी जा सकती है), सर्चलाइट; ~-party अन्वेषक-दल, तलाश करनेवाले; ~-warrant अन्वेषण प्राज्ञान, तलाशीका परवाना, तलाशीका वारण्ट; *right of ~* (तटस्थ पोतोंमें युद्धकी निषिद्ध वस्तुकी) तलाशीके लिए युद्धसंलग्न दलका अधिकार; *~ me !* ⊙ मैं क्या कहूँ !

searchable a. विचेय, शोध्य, अनुसन्धेय, अन्वेष्य, अन्वेषणीय, खोजने योग्य, ढूँढ़ने योग्य, देखभाल करने योग्य, तलाशी लेने योग्य।

searched a. अन्विष्ट, खोजा हुआ, ढूँढ़ा हुआ।

searcher n. शोधकर्त्ता, अन्वेषक, अनुसन्धानकर्त्ता, निरीक्षक, खोज करनेवाला, जाँच करनेवाला, पूछताछ करनेवाला, तलाश करनेवाला, तलाशी लेनेवाला।

searching १. n. खोजना आदि क्रियागत अर्थोंमें, अन्वेषण, खोज, ढूँढ़ना; २. a. अन्वेषी, खोजी (*~ fire*); निपुण; *~ enquiry* सूक्ष्म जाँच।

searchless a. (कानून) शोधहीन, अनुसन्धानहीन, अन्वेषणरहित, खोजरहित।

seared a. दृढ़ीयित, दृढ़ीकृत, कठोरीकृत, कड़ा किया हुआ, सख्त किया हुआ (*~ conscience*)।

searedness n. दृढ़ीकृत अवस्था, दृढ़ीकृतता; कठोरता, कठोरपन, कड़ाई; अचेतना, संज्ञाहीनता, भावशून्यता, शून्यता, सूनापन।

seasick a. सागर-भ्रान्त, (जहाजपर) चकराया हुआ।

seasickness n. सागर-भ्रान्ति, पोत-भ्रान्ति, जलयान-भ्रान्ति, जहाजपरका चक्कर।

season १. n. ऋतु, मौसम, बहार, फसल (*rainy ~*); अवधि, काल, समय (*may endure for a ~*); शुभवेला, अनुकूल अवसर, उचित काल, उपयुक्त समय, मुहूर्त, सु-अवसर, मौका, ठीक वक्त (*a word in ~*); कार्यकाल; २. v.t. & i. (स्वभाव डालकर, विदेशी जलवायुके प्रभावसे) स्वस्थ स्थितिमें लाना, अच्छी हालतमें लाना, पकाना, पक्का; दृढ़ बनाना, समय व्यतीत होनेपर दृढ़ स्थितिमें लाना; अभ्यस्त करना या होना, आदत बनाना, आदी होना; प्रयोग करना; पूर्ण रूपसे विकसित करना, प्रौढ़ बनाना, पक्का करना, प्रौढ़ होना, पक्का होना; मनोरंजक बनाना, विनोदपूर्ण बनाना, हास्यमय बनाना, आनन्द-मिश्रित करना, आमोद प्रदान करना, हास्यपूर्ण करना, दिलचस्प बनाना, मजा पैदा करना, मजेदार बनाना (*~ conversation, with Rumour*); शान्त करना, प्रशान्त करना, प्रशमित करना, संयत करना, परिमित करना, नरम करना, कम करना, ठीक करना (*let mercy ~ justice*); नमक मसाले मिलाकर स्वादिष्ट या चटपटा बनाना, स्वादु बनाना, मसालेदार बनाना, मजेदार बनाना, नमक-मिर्च मिलाना; स्वादपूर्ण होना, मसाला मिलाने या स्वादिष्ट बनानेसे कामके योग्य होना, मजेदार होना; close, open *~* जब पशुओंका

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

आखेट निषिद्ध हो या आदिष्ट हो, शिकार बन्द हो या चालू हो; ~-ticket नियतकालिक पत्रक, म्यादी टिकट (जिससे निश्चित समयके भीतर कई बार यात्रा या प्रवेश आदि हो सके); *in* ~ खाद्य, खानेके लिए उपयुक्त; मस्तीमें (पशु); ठीक, तैयार; बाजारमें उपलब्ध (*strawberries are in* ~); *in* ~ *and out of* ~ सदैव, सर्वदा, सभी समय, हमेशा; *out of* ~ असामयिक, अकालमें।

seasonable a. आर्तव, ऋतुजात, मौसमी; आवसरिक, यथावसरिक, यथा अवसर, उपयुक्त समयका, समयकी आवश्यकताओंको पूरा करनेवाला, ठीक वक्तका, ठीक मौकेका (*the* ~ *arrival of*); प्रसंगोचित, कालोचित, समयानुकूल, कालानुरूप, समयोचित, कालानुकूल, ऋतुके अनुकूल, समयके उपयुक्त, मौसमके मुताबिक (~ *weather*)।

seasonableness n. यथावसरता, कालौचित्य, कालोचितता, समयौचित्य, समयानुकूलता, समयानुरूपता, प्रसंगौचित्य, प्रस्तावसादृश्य, समयानुरूप्य, समयानुकूल्य, कालधर्म।

seasonal a. सामयिक, ऋतु-विषयक, आर्तव, ऋतुकालिक, ऋतुगत, ऋतु-, मौसमी, फसली; आवर्ती, आवर्तक (~ *changes, fluctuations*); ~ occupations मौसमी धन्धे; ~ weather कालिक ऋतु।

seasoned a. अभ्यस्त, अनुभवी, प्रौढ़, पक्का (~ *worker*); सशोषित, पकायी हुई, सिझायी हुई (~ *wood*)।

seasoner n. विनोदी, विनोदपूर्ण बनानेवाला, हास्यपूर्ण करनेवाला; स्वादिष्टकर्त्ता, मसालेदार बनानेवाला, चटपटा करनेवाला, मजेदार बनानेवाला; पकानेवाला।

seasoning n. विनोद, आमोद-प्रमोद, आनन्दवर्धक वस्तु; व्यंजन, नमक-मिर्च, मसाला; स्वादिष्ट बनाना, मसाला मिलाना; सशोषण, पकाना;
~ defect, ~ logs, ~ power, ~ section.

seasonless a. ऋतुके प्रतिकूल, बिना ऋतुके, मौसमके बिना, बेमौसम।

seat* n. पीठिका, पीठ, आसन*, चौकी, सिंहासन, कुर्सी, तख्त, गद्दी, तिपाई, बेंच, स्टूल आदि बैठनेकी वस्तुएँ, सीट, (*the* ~*s are uncomfortable*); स्थान*, अधिष्ठान, पीठिकापदार्पण, सिंहासनारोहण, बैठकी, (*took his* ~ *on the throne, a rock*); कुर्सीकी गद्दी, चौकी (जिसपर बैठनेवालेका बोझ रहता है); आधार, पेंदी, तला (~ *of valve*); नितम्ब, चूतड़, पाजामा या पतलूनकी मियानी, सीट, किसकट (जो चूतड़को ढँकता है); स्थिति, स्थान, वासस्थान, निवासस्थान, प्रधानस्थल, आगार, सदन, गृह, घर, केन्द्र (*the liver is the* ~ *of disease*); अस्थायी या स्थायी दृश्य; ग्रामीण प्रासाद, ग्रामीण भवन, गाँवका बड़ा मकान, देहाती बड़ी इमारत (*the country* ~*s of England*); सदस्यता, आसन ग्रहण करनेका अधिकार, सदस्य आदिकी हैसियतसे बैठनेका अधिकार या सीट पानेका हक (*have taken two* ~*s*); अश्वारोहण-आसन (*has a good* ~); घोड़ा, साइकिल आदिपर बैठनेका ढंग, बैठनेका तरीका; आसीन करना, आसन देना, बैठनेको स्थान देना, बैठी हुई अवस्थामें रखना, बैठाना, बिठाना (*took up the child and* ~*ed him on the bookcase*); (p.p.) आसीन, विराजमान, बैठा हुआ; (कमरे, गिरजाघर आदिमें) पीठिका लगाना, आसन लगाना, बैठनेके लिए कुर्सियों आदिको बिछाना (*is* ~*ed for 5000*); (कक्षादिके लिए, इतना) बैठनेका स्थान होना, आसन होना सीटें होना; (पायजामा या पतलूनके) चूतड़परके भागको ठीक करना, सीट लगाना, सीटपर चिथड़ा लगाना, मियानी लगाना; कुर्सीकी गद्दीको सुधारना, मरम्मत करना; किसी अवस्थामें प्रतिष्ठित करना, स्थापित करना, स्थित करना, किसी विशेष स्थानपर स्थिर करना, जमाना, कायम करना (*a deep-*~*ed disease*); ~ rent गिरजाघरकी एक बैठकके लिए दिया गया भाड़ा; ~ stick बैठनेकी छड़ी; ~ *candidate* निर्वाचित करना, मत देना, चुनना; ~ *machinery* मशीनको ठीक जमाना, बैठाना, पुर्जे एक दूसरेमें फिट करना; *take a* ~ बैठना।

seated a. आसीन, आसनस्थ, आसनगत, पीठस्थ।

seater n. (विशिष्ट संख्याके यात्रियोंके लिए) इतनी सीटोंवाला वायुयान या मोटरकार।

seating n. आसनपरिग्रहण, सिंहासनारोहण, बैठनेके स्थानकी प्राप्ति; आसन देना, कुर्सी देना; ~ capacity बैठनेकी जगह।

seatless a. पीठिकारहित, आसनरहित, बिना स्थानके; बिना गद्दी या सीटके, बेजीन; बिना गद्दीकी (कुर्सी आदि), बिना तली या पेंदीका, बेपेंदा; बेमियानी; सदस्यता रहित, बिना सीटके।

sea-ward १. a. समुद्राभिमुख; २. adv. समुद्रकी ओर।

seaworthiness n. नाव्यता, समुद्रयात्रौचित्य, जलयात्रा-क्षमता।

seaworthy a. नाव्य, समुद्रसमर्थ, समुद्रयात्रोचित, जलयात्रा-योग्य (~ *ship*)।

sebaceous a. तैलाक्त पदार्थयुक्त, स्नेह-, वसायुक्त, वसामय, चर्बीदार, चर्बीला, चर्बीका (~ *gland, follicle, duct* जिसमेंसे चर्बी निकले; अथवा ~ *humour* बाल और चमड़ेको तैलाक्त करनेवाला)।

sebacic a. वसा-प्राप्त, वसोत्पन्न, वसा-जनित, चर्बीसे उत्पन्न; वसा-विषयक, वसा-सम्बन्धी, चर्बीका।

sebestan, -en n. आलूचा, सबस्तान।

sebiferous a. वसोत्पादी, वसा-जनक, चर्बी पैदा करनेवाला।

secancy n. छेदन, छेदकता, विभाजकता, खण्डकता, खण्डन, कटाई।

secant १. n. व्युत्कोज्या (व्युत्क्रम कोटिज्या), कोटिज्या, अवच्छेदक रेखा, छेदनरेखा, छेदिका, छेदनी; त्रिज्यासे सम्बन्धित इस छेदन-रेख का अनुपात; २. a. छेदन-, छेदक, विभाजक, काटनेवाला।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

secateur n. कर्त्तनी, कतरनी, कैंची।

secco १. n. प्लस्तरपरकी चित्रकारी; २. a. निस्संग, अमिश्र, साधारण, सादा।

seccotine १. n. (सरेसके स्थानपर काम आनेवाला) एक प्रकारका गोंद; २. v.t. इस प्रकारके सरेस जैसे गोंदसे चिपकाना (*on, together* के साथ)।

secede v. i. (औपचारिक रूपसे किसी संगठनकी सदस्यतासे) पृथक् होना, अपसरण करना, भिन्न मत ग्रहण करना, त्याग देना, सम्बन्ध-विच्छेद करना, छोड़कर दूर होना, अलग होना, संग छोड़ना, हट जाना।

seceder n. सम्बन्धविच्छेदक, भिन्नमताश्रित, मतान्तर-ग्राही, संग छोड़नेवाला, अलग होनेवाला।

secern v.t. पृथक् करना, अलगाना, अलग करना; (भौतिक०) रसना, रिसना, बहना, चूना, टपकना।

secernent a. स्रावी, च्यावी, रसनेवाला, रिसनेवाला, बहनेवाला, चूनेवाला, टपकनेवाला।

secernment n. स्रवण, च्यवन, रसन, बहाव, रसाव, चुआव, टपकाव।

secession n. बहिर्गमन, निर्गमन, अपगमन, अपसरण, मतान्तर-अवलम्बन, समाजत्याग, सम्बन्ध-विच्छेद, मतान्तर-ग्रहण, स्वधर्मत्याग, पार्थक्य, पृथक्त्व, अलगाव, फूट, अलहदगी; *War of S~* (१८६१-५ ई० का अमरीकाका) अपसारी युद्ध।

secessionism n. अपसरणवाद, मतान्तरग्रहणनीति, सम्बन्धच्छेदनीति, पार्थक्यवाद, अलग होनेकी नीति।

secessionist n. अपसरणसमर्थक, सम्बन्धच्छेदवादी, पार्थक्यवादी, फूट डालनेवाला।

seclude[1] v.t. किसी संगति या समुदायसे पृथक् रखना, दूरवर्ती करना, जनससर्गसे अलग करना, एकान्तमें रखना, स्वतन्त्र रखना, दूर रखना, निकालना, बाहर करना, परे करना, अलग रखना (*~ oneself from society*)।

secluded a. विविक्त, पृथक्कृत, दूरीयित, दूरस्थापित, स्वतन्त्रकृत, एकान्तस्थापित, विर्जन, निर्जन, एकान्त (*~ spot, life*)।

seclusion n. निर्जन स्थान, एकान्त स्थान, एकाकी स्थल, सूनी जगह; निर्जनवास, निर्जनता, एकान्तता, एकान्तवास, निभृतवास, गुप्तावास; ससर्गत्याग, विविक्तता, वैराग्य, संयोगविरक्ति, पृथकता, अकेलापन।

seclusionist n. निर्जनताप्रिय, एकान्तप्रिय, एकान्त-वादी, गुप्तावासप्रिय, अकेला रहनेवाला।

seclusive a. एकान्तोन्मुख, एकान्तवासप्रिय, एकान्तता-का पक्षपाती, निर्जनताकी ओर प्रवृत्त।

seclusiveness n. एकान्तता।

second[1]* १. n. पूर्ववर्णित (पूर्वकथित, पूर्वोल्लिखित) अथवा प्रधान व्यक्ति या वस्तु (भले ही वह दूसरा, छोटा या समान हो); क्षण, मिनटका साठवाँ भाग, सेकण्ड; (शिथिल रूपसे) क्षणभर अल्पकाल, किंचित् समय, थोड़ा वक्त (*wait a ~*); (pl.) हीन कोटिकी सामग्री, घटिया किसका माल, रद्दी माल; द्वन्द्वयुद्ध या मुक्केबाजीका (मुष्टि-युद्धमें प्रधान द्वारा चुना हुआ) निर्णायक, निरीक्षक; द्वितीय श्रेणी, द्वितीय श्रेणी प्राप्त करनेवाला व्यक्ति; दौड़ आदिमें द्वितीय मनुष्य, दूसरा आदमी; २. a. द्वितीय, पहलेके बाद, दूसरा* (*in the ~ place*); अनुपूरक, अतिरिक्त सहायक, एक या प्रथमके अतिरिक्त, दूसरा, एक दूसरा (*~ childhood*); अमौलिक, कृत्रिम, अनुकरणात्मक, अधीनस्थ, गृहीत, निम्नपदस्थ, उपाश्रित, अधीन, माध्यमिक, गौण, हीन, आलंकारिक, गौण प्रकारका, माध्यमिक रूपका, छोटा, लिया हुआ, बनावटी, सजावटी, नकली; *~ advent* ईसाका प्रत्यागमन, पुनरागमन; *~-adventist* ईसाके प्रत्यागमन अथवा पुनरागमनका विश्वासी, पुनरागमन-विश्वासी; *~ ballot* द्वितीय मतपत्र (निर्वाचन-पद्धति); *~-best* द्वितीय श्रेणीका, दूसरे दर्जेका; *~ cabin* यात्री जहाजमें दूसरे दर्जेका स्थान; *~ cause* द्वितीय कारण, गौण कारण; *~ chamber* (द्विसदनीय संसद्का) उच्चतर सदन, पार्लियामेण्टका अपर हाउस; *~-class* १. n. द्वितीय श्रेणी; २. a. हीन कोटिका, द्वितीय श्रेणीका (*~-class compartment*), निम्न स्थिति या गुणका; *~ coming* ईसाका प्रत्यागमन, पुनरागमन, फिरसे आना; *~ day* चन्द्रवार, सोमवार; *~ fiddle, violin, etc.* नीच, अधीनस्थ, छोटा; *~ floor* पहली मंजिलके ऊपर, ऊपरी या दूसरी मंजिल; *~-hand* अनव, पुराना (पुस्तकें, लकड़ीके सामान, कपड़े आदि); अमूल, दूसरे किसी साधनसे प्राप्त, अस्वयंप्राप्त, बासी (सूचना, खबर); प्रयुक्त, पूर्वप्रयुक्त, अन्यप्रयुक्त, काममें लायी हुई; (किन्हीं छोटी या बड़ी घड़ियोंमें) सेकेण्ड गिननेके लिए अतिरिक्त सुई, सेकेण्डकी सुई; *~ lieutenant* उप-बलपति, सेनाका पदाधिकारी, फौजी अफसर; *~-mark* सेकेण्डका चिह्न (″); *~ nature* अभ्यासलब्ध स्वभाव, अभ्यास-जनित प्रवृत्ति (*habit is ~ nature*); *~-pair back, front*, तीसरी मंजिलमें मकानके पीछेका या आगेका कमरा; *~-rate* द्वितीय श्रेणी या दूसरे नम्बरका (जहाज); साधारण हीन कोटिका, निचली श्रेणीका, घटिया; *~'s-hand* सेकेण्डकी सुई; *~ sight* दिव्य दृष्टि; *~'s pendulum* एक सेकेण्डमें एक बार झूलने-वाला लटकन; *~ teeth* वयस्कोंके दाँत, प्रौढ़ोंके दाँत (जो दूधके दाँतोंके बाद आते हैं); *~ thoughts* पुनर्विचारके अनन्तर निर्धारित मत अथवा प्रस्ताव, फिरसे गौर करनेके बाद कायम राय; *at ~ hand* सुने-सुनाये ढंगसे (न कि मौलिक निरीक्षणके द्वारा) सुनी-सुनाई; *come in, finish, ~* (दौड़में) द्वितीय स्थान प्राप्त करना, दूसरे नम्बरपर आना; *come off ~-best* पराजित होना, रद्दी आना, खराब आना; *play ~ fiddle* गौण होना, किसी दूसरे व्यक्तिके सामने छोटा होना; *~ in command* कमाण्डिंग अफसर (उच्चतम सेनाधिकारी) से निम्न पदका अधिकारी; *~ to none* अजेय, अपराजित।

second[2] v.t. अनुपूरित करना, पक्षका पृष्ठपोषण करना, सहायता करना, जोड़ना, बढ़ाना, हिमायत करना, सहारा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

देना, थामना, सँभालना (~ *words with deeds*); (वाद-विवाद-समितिके सदस्यका किसी प्रस्तावके पक्षमें आवश्यक औपचारिक) समर्थन प्रदान करना, समर्थित करना, अनुमोदन करना, पुष्टि करना, सहमति प्रकट करना; (सेना०, कर्मचारी-समुदायकी या अन्य किसी नियुक्तिके लिए किसी पदाधिकारीको) अस्थायी अवकाश दे देना, अस्थायी रूपसे कार्यमुक्त करना, हटाना; (पदाधिकारियोंको स्थायी रूपसे एक-दूसरे विभागमें) स्थानान्तरित करना, बदली करना, तबादला करना।

secondariness n. अप्रधानता, गौणता, हीनता, द्वितीयकता; अधीनस्थता, अवलम्बितता, आश्रितता; अमुख्यता, अप्रथमता, अमौलिकता, आनुषंगिकता; पश्चात्कालीनता; परवर्तित्व, परवर्तिता।

secondary १. n. प्रतिनिधि, नुमाइन्दा; दूसरा स्तर, नीचेका पर्त; गिरजाघरका छोटा उच्चाधिकारी; गौण ग्रह; कीड़ेका पीछेका पंख; पंखके दूसरे जोड़पर उगनेवाला पर; २. a. अप्रधान, गौण, अनुषंगी, हीन (~ *power*); निम्न, द्वितीय, द्वितीयक, द्वितीयस्थानस्थ (~ *nucleus, reaction*); अधीनस्थ, निकृष्ट, अवलम्बित, आश्रित; व्युत्पन्न, गृहीत; अमुख्य, अप्रथम, अमौलिक, आनुषंगिक, द्वितीय कोटिका, निम्न श्रेणीका, अनुपूरक, कम महत्त्वका; पश्चात्कालीन, बादके समयका, निचला; परवर्ती, उत्तरजात (~ *growth*); ~ education माध्यमिक शिक्षा; ~ planet उपग्रह; ~ school माध्यमिक पाठशाला।

seconde n. पैंतरा (पटेबाजीमें)।

seconder n. प्रस्तावसमर्थक, अनुमोदक, हामी।

secondly adv. द्वितीयतः, दूसरे, द्वितीय स्थानमें, दूसरी जगहपर, दूसरे नम्बरपर।

secondment n. अनुमोदन, अनुशस्ति, पक्षपोषण, समर्थन, साहाय्य।

secrecy n. गुह्यगोपन, गुह्यता, गुप्तता, रहस्यगोपन, गोपनप्रवृत्ति, प्रच्छन्नता, गूढ़ता, छिपानेकी प्रवृत्ति; गोपनशीलता, संगोपनशीलता, संगुप्ति, संगोपन, गोपन, रहस्य, रहस्यरक्षण, रहस्यपूर्णता, छिपाव, भेद या राजको रखनेकी क्षमता (*he promised* ~) गुप्तता, रहस्यसंरक्षण, रहस्यभाव, गूढ़भाव, अप्रकाशन, अप्रकाशित स्थिति (*there can be no* ~ *about*); निर्जनता, निर्जनवास; *in* ~ रहस्यमें, भेदमें, एकान्तमें।

secret* १. n. मर्म, गोप्य वस्तु, गोपनीय वस्तु, गूढ़ वस्तु, गुप्त बात (*keep a* or *the* ~ प्रकट होनेसे या भेद खुलनेसे बचाना); रहस्य, गूढ़ बात (*the ~s of nature*); गुप्त बात, प्रच्छन्न बात, भेद*, राज़; लुकाव, छिपाव, दुराव (*in the* ~); गुप्तता, संगोपनशीलता, गोपनीयता, प्रच्छन्नता, छिपाव; असाधारण सत्य, असामान्य सत्यविधि, सत्य (किन्तु प्राप्तिके हेतु सामान्यतः अस्वीकृत) पद्धति (*the ~ of health is temperance, to try again*); (pl) शरीरके गोपनीय अवयव, गुप्त अंग (जैसे, पेट, अँतड़ियाँ आदि); (रोम० कैथो० चर्च) धर्मानुरागी या पादरीकी एकान्तिक वन्दना, गुप्त प्रार्थना; २. a. रहस्यपूर्ण, सगोपनशील, गोपनीय, रहस्यमय, भेदपूर्ण; मौन, मौनावलम्बी, वाक्संयत, अछिद्रमय, बन्द, चुप; गोप्य, गोपनीय, गुप्त, गुह्य, प्रच्छन्न, अदृष्ट, गहन, निगूढ़, गूढ़, अव्यक्त, अप्रकट, अनुद्घाटित, अप्रकाशित, खुफिया (~ *profit, service*); व्यक्तिगत, निजी, प्राइवेट (~ *arrangement*); (स्थान आदिके सम्बन्धमें) निभृत, शून्य, एकान्त, निर्जन, अलग, सूना; *in* ~ प्रच्छन्नतया, दुरावसे, चोरी-छिपे।

secreta n. pl. उदासर्ग, उत्सृष्ट पदार्थ।

secretaire n. लिखनेका डेस्क (जिसमें पेंसिल-कलमके लिए खाने भी हों)।

secretarial a. सांचिविक, सचिवीय, सचिव-सम्बन्धी, लिपिकीय (~ *staff*)।

secretariat(e) n. सचिवालय, शासनकार्यालय, सचिवका कार्यालय, कार्याध्यक्षका दफ्तर, सेक्रेटेरियट; सचिवालयभवन, सेक्रटेरियटकी इमारत या बिल्डिंग; सामूहिक रूपसे लिपिक वर्ग, सरकारी विभागके कार्य-निवोहकगण;

~ annexe, ~ circular letter, ~ department, ~ establishment, ~ letter, ~ level, ~library, ~ memorandum, ~ officer, ~ service.

secretary* n. सचिव*, मन्त्री, कर्मसचिव, कार्यवाहक अधिकारी, सिकत्तर, सेक्रेटरी; सचिव मन्त्री (*the S~ of State for Foreign Affairs*); सहायक व्यक्ति, सहकारी (*private* ~); (मुद्रण०) मोटे अक्षरोंके लेखके अनुकरणमें हस्तलिपिका टाइप; लिखने-पढ़नेका खानेदार डेस्क; assistant ~ सहायक सचिव; deputy ~ उप-सचिव; honorary ~ अवैतनिक सचिव, अवैतनिक मन्त्री; joint ~ संयुक्त सचिव; ~-bird साँपोंको खानेवाली अफ्रीकी चिड़िया; ~ of legation *or* embassy दूताधिष्ठान सचिव, राजदूतका मुख्य अधीन एवं उपाधिकारी; S~ of State (अमरीका और बाटिकनमें) राज्यमन्त्री, प्रधान सचिव एवं विदेश-मन्त्री; under-~ अधीन सचिव, अवर सचिव।

secretaryship n. सचिवत्व, मन्त्रित्व, सचिवका पद, मन्त्रीका पद, सेक्रेटरीपन।

secrete १. v.t. (वस्तु, व्यक्ति, स्वयंको) गुप्त स्थानमें रखना, छिपाना, गुप्त रखना, छिपाकर रखना, लुकाना, पोशीदा करना; (शरीर०, अवयव या गिल्टी या व्यक्ति आदिके सम्बन्धमें) उदासर्जन करना, निःसृत करना, क्षरण द्वारा निकालना या अलग करना, उत्पन्न करना, २. v. i. लुकना, छिपना; फरार होना।

secreting n. गोपन, छिपाना; निस्सरण, क्षरण, उदासर्जन।

secretion n. गोपन, संगोपन, संगोपन-क्रिया, छिपाना, छिपाव, लुकाव (*the ~ of stolen goods*); स्राव, क्षरण, उदासर्जन, निस्सरण, निर्गलन, उद्रेचन, उत्सर्ग,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

निर्गमन; क्षरित पदार्थ, क्षरित रस।

secretional a. = SECRETIONARY.

secretionary a. स्रावी, क्षरण-शील; निस्सरण-विषयक, निर्गलन-विषयक, निर्गमन-विषयक।

secretive a. गोपनकारी, संगोपनशील, रहस्यपूर्ण, छिपाऊ, लुकाऊ, छिपानेवाला; सयतवाक्, स्वयंभाव-निग्रही, स्वतः अल्पभाषी, अनावश्यक रूपसे मौनी, मौन, चुप्पा, कम बोलनेवालाः रससावी, निःसारक।

secretiveness n. संगोपनशीलता, रहस्यपूर्णता; वाक्-संयम, वचनसंयम, अल्पभाषिता, मौन, चुप्पापन।

secretor n. क्षरक, क्षरणकर्त्ता, स्राव करनेवाला, निकालनेवाला।

secretory a. क्षरक, उद्रासर्जी, स्रवणशील, क्षरण-क्रियाकारी, स्रावी, क्षरण-सम्बन्धी, स्राव-विषयक।

sect n. धार्मिक सम्प्रदाय, धार्मिक श्रेणी, धर्मसम्प्रदाय. धार्मिक समुदाय; किसी विशेष दार्शनिक, दर्शनशास्त्र या मतके अनुयायी, मतावलम्बी, समर्थक, भक्त; सम्प्रदाय, पन्थ, मार्ग, मत, शाखा, फिरका; छेदन, निदर।

sectarial a. साम्प्रदायिक, पान्थ (~ *marks*)।

sectarian १. n. साम्प्रदायिक व्यक्ति; २. a साम्प्रदायिक, सम्प्रदायवादी, स्वपक्षानुसारी, पन्थाभिमानी, धर्मान्ध, सम्प्रदायका कट्टर अनुयायी; सीमित, संकीर्ण।

sectarianism n. साम्प्रदायिकता, सम्प्रदायवाद, पन्थभावना, फिरकाबन्दी, दलबन्दी; संकीर्णता।

sectarianize v.t. साम्प्रदायिकता उत्पन्न करना, सम्प्रदायवादी करना, साम्प्रदायिक बनाना, साम्प्रदायिक रंग देना।

sectary n. भिन्नमतावलम्बी, पन्थी; साम्प्रदायिक, पन्थ आदिका सदस्य; प्रोटेस्टेण्ट ईसाई।

sectile a. कर्तनीय, छेदनीय, छेदुर, काटने योग्य, काटी जानेवाली।

section १. n. कर्त्तन, अवच्छेद, विच्छेद, छेदन, परिच्छेद, काण्ड, विभाजन, भेदन, काट, तराश; अनुभाग, प्रशाखा, प्रवर्ग, विभाग, भाग, अंश, खण्ड, टुकड़ा, काट, हिस्सा; (~*s*) जनपद, मण्डल; सचल भाग, नाव या लकड़ीके घर, चलता-फिरता खण्ड; किसी पुस्तकका छोटा उपविभाग, प्रकरण; धारा, दफा; (सेना०) सेनाका एक उपविभाग, समाजका विशिष्ट हितोंवाला वर्ग, पलटन या फौजका दस्ता; खण्ड (*subject falls into five ~s*); (प्राकृ० इति०) वर्ग, समुदाय; संछेद, काण्ड, अनुभाजन, किसी आकृतिका विशिष्ट कोणसे कटाव (*horizontal, vertical ~*); (~ *mark* भी) पुस्तकके परिच्छेद या प्रकरणका चिह्न §; २. v.t. प्रकरणों, वर्गों, विभागों, धाराओंमें व्यवस्थित करना, विभाजित करना, दस्तोंमें क्रमबद्ध करना, बाँटना, टुकड़े करना, हिस्से करना; (गणित) conic ~s परस्पर छेदनकी वक्र-रेखाओंका अध्ययन; शंकुक-छेदन-विद्या; microscopic ~ सूक्ष्मदर्शक अंश, (सूक्ष्मदर्शक यन्त्रसे अन्वीक्षणके हेतु किसी वस्तुमें काटा हुआ) क्षीण अंश; ~ cutter सूक्ष्म-दर्शक यन्त्रमें अंश या विभाग बनानेका एक औजार, सेक्शन कटर; ~ of the city ⊙ नगर-भाग, नगरका कूचा, मुहल्ला;

~ figure, ~-holder, ~ modulus, ~ officer, ~ plane, ~ road van, ~ subordinate, ~ train, ~-writing.

sectional a. छेदनात्मक, छेदीय (~ *diameter*); छेदन-सम्बन्धी; वैभागिक, विभागीय, अनुभागीय, प्रशाखीय, भागीय; आंशिक (~ *view*); वर्गीय; प्रकरण-विषयक, धारा-सम्बन्धी; अनुच्छेदीय; सेनाके वर्ग या शाखासे सम्बन्धित।

sectionalism n. सम्प्रदायवाद, वर्गवाद, जातिवाद, फिरकापरस्ती।

sectionalize v.t. साम्प्रदायिक बनाना, वर्गीय बनाना, वर्गवादी बनाना; खण्डवृष्टिसे सोचना।

sector n. गणितका एक यन्त्र; त्रिज्याखण्ड, वृत्तखण्ड, द्वैत्रिज्य; क्षेत्रक; विपक्षी सेनाओं द्वारा अधिकृत स्थानका एक खण्ड, शकल; ~ of sphere *etc.* गोलेका त्रिज्याखण्ड, मण्डल शकल; एक त्रिज्याके आसपास समतल द्वैत्रिज्यकी परिक्रमाके द्वारा निर्मित आकृति।

sectorial a. पन्थ-विषयक, मार्ग-विषयक, मत-विषयक, शाखा विषयक, सम्प्रदाय-विषयक, फिरकेका; कर्त्तनकारी।

secular १. n. अधार्मिक पुरोहित, गृहस्थ याजक, गृहस्थ पादरी, दुनियादार पादरी; २. a. शतवर्षीय, एक शताब्दी या एक युगमें रहनेवाला, युगावर्ती, युगीय, युगमें एक बार होनेवाला; चिरकालिक, दीर्घकालीन, बहुकालपर्यन्त स्थायी, बहुत समय तक रहनेवाला (~ *progress*); पार्थिव, लौकिक, ऐहिक, ऐहलौकिक, सांसारिक, संसारी, दुनियादार (~ *literature*); व्यावहारिक, लोकव्यवहारका, दुनियावी; अधार्मिक, धर्मविरत, पवित्रतामुक्त, नास्तिक, देवनिन्दक, अयाजकीय, धर्मशास्त्रबाह्य, अदैवी, मठविहारसे बाहर, गैर-मजहबी; असाम्प्रदायिक, सम्प्रदायमुक्त; प्रपंचात्मक, प्रपंची, पाखण्डपूर्ण (~ *affairs*); धर्मोपेक्षी, धर्म-निरपेक्ष, अधार्मिक, धार्मिक सत्योंमें शंकाशील, धार्मिक मति-विरोधी; ~ acceleration (ग्रह, नक्षत्र आदिकी) मन्द प्रगति, मन्दगमन, धीमी चाल; ~ arm असैनिक शक्ति, गृहशक्ति; ~ bird अपनेको भस्म करके पुनः राखसे प्रकट होनेवाला आख्यायिकाओंका पक्षी-विशेष; ~ change धीमा-धीमा किन्तु दृढता-पूर्ण स्थिर गतिक्रम, सहज परिवर्तन; ~ cooling *or* refrigeration धरतीका तरल स्थितिसे जमना, धरतीका ठण्डा पड़ना ~ fame स्थायी ख्याति; स्थायी कीर्ति, चिरप्रसिद्धि, टिकाऊ नामवरी; ~ games युगावर्ती पर्व युगान्तरमें होनेवाले प्राचीन रोमके उत्सव; ~ hymn (रोमके बहुत समयके उपरान्त होनेवाले) त्योहारों या पर्वोंके भजन, बड़े पर्वोंके भजन; the ~ arm (इति०) असैनिक न्यायक्षेत्र (जहाँ-पर धार्मिक न्यायालयोंसे कठोर दण्डके लिए अपराधी को भेज दिया जाता था); the ~ clergy गृहस्थ याजक, अनियमित पादरी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

secularism n. धर्मनिरपेक्षवाद, अधार्मिकता, धर्म-सत्यशंकाशीलता, धर्मशिक्षणविरोधवाद।

secularist n. & a. धर्मनिरपेक्षवादी, धर्मोपेक्षाकारी, धर्मशिक्षणविरोधवादी।

secularity n. धर्मनिरपेक्षता; पार्थिवत्व, लौकिकता, ऐहिकता, संसारासक्ति, सांसारिकता, प्रपंचानुराग, प्रपंचबुद्धि, दुनियादारी।

secularization n. धर्मनिरपेक्षण, धर्मनिरपेक्षीकरण, अधार्मिकीकरण, धर्मोपेक्षी बनाना।

secularize v.t. धर्मनिरपेक्ष बनाना, अधार्मिक करना, धार्मिक भावनासे हटाना, सांसारिक बनाना।

secund a. (वन०) एकपक्षप्रफुल्ल, एक धुरवर्ती।

secundus a. द्वितीय, दूसरा।

securable a. रक्षणीय, सुरक्षणीय; कसने योग्य, बाँधने योग्य, बन्द करने लायक; विश्वास देने योग्य; प्राप्य, पाने योग्य, हस्तगत करने लायक।

secure १. v.t. सुरक्षा या दृढतासे आवद्ध करना, बन्द करना, घेरना, बाँधना, कसना (*~ prisoner*); (नगर, बन्दरगाह आदिको घेराबन्दी करके) सुरक्षित करना, बचाना, प्राचीर निर्माण करना, हदबन्दी करना, किले-बन्दी करना; सुरक्षित बनाना, प्रतिभूत करना, सुरक्षित रखना, जमानत देना, गारण्टी देना (*loan ~d on landed property*); पक्का करना, पुख्ता करना; उपलब्ध करना, प्राप्त करना, पाना, लेना (*have ~d front places*); प्राप्त करनेमें सफल होना, हस्तगत करनेमें कामयाब होना; निरादर करना; २. a. सुरक्षित, अनाक्रम्य, आक्रमणसे रक्षित, हमलेसे दूर; अपराजित, अजेय; हस्तगत, अधिकृत, अधिधृत, दृढतासे बँधा हुआ, मजबूतीसे बँधा हुआ (*have got him ~*); साफल्ययुक्त, आशापूर्ण, आशामय, आशान्वित, आशावान्, निश्चिन्त (*~ of victory*); विश्वस्त, विश्वसनीय, भरोसेके लायक; दृढ, पक्का, कायम, सही, ठीकठाक (*a ~ foundation*); निरापद, निर्विघ्न, निरातंक, निर्भय, निःशंक, निश्चिन्त, अशंक, वीतभय, अभय, आशंकामुक्त, संकटमुक्त, बेफिक्र, बेखतरा, बेपरवाह (*a quiet ~ existence*); (प्रा०) निःसंशय, दुविधारहित, दुविधाहीन, भरोसा करनेवाला, भोला (*the ~ hope of salvation*); a ~ fool बुद्धू, सीधा-सादा, भोला-भाला, ठगे जाने योग्य; *~ arms* (सेना०) बन्दूकोंको सँभालकर पकड़ना (इस प्रकार ताकि घोड़ा बगलमें रहे और भीगने न पाये); *~ vein* (शस्यचिकित्सा या चीरफाड़में) रग या नसको दबाना (ताकि रक्त न बहे)।

secured a. प्रतिभूत, सुरक्षित (*~ claim, loan*)।

securement n. रक्षा, रक्षण, सुरक्षण, प्रतिरक्षण, परिरक्षण।

securiform a. कुठाराकृति, कुठाराकार, कुठार-सदृश, कुल्हाड़ी-जैसा।

security n. विशेषणगत अर्थोंमें; निर्भयता, अभय, निर्विघ्नता, अत्यधिक निश्चिन्तता या आत्मविश्वास, निश्चयता, अतिशय आशावादिता, निश्शंकता, शंकाभाव, जरूरतसे ज्यादा इत्मीनान; प्रतिभूति, प्रत्याभूति करानेवाली वस्तु; रक्षक, सरक्षक वस्तु; आश्रय, बचाव, पनाह, आड़, जमानत देनेवाली चीज (*pride should at least be a ~ against meanness*); क्षेम, कुशल; परित्राण, रक्षण, सुरक्षा, प्रतिभू, न्यास, ऋण, बन्धक, जमानत; प्रतिभूपत्र, जमानतनामा, जामिन आदिका प्रमाणपत्र, साख-पत्र; S~ Council सुरक्षा-परिषद्; ~ arrangement, ~ bond, ~ classification, ~ deposit, ~ deposit account, ~ deposit interest drafts, ~ documents, ~ engineering, ~-man, ~ measures, ~ paper, ~ policeman, ~ proceedings.

sedan n. (*~ chair* भी) शिविका, पालकी, नालकी, डोली, डाँडी, तामझाम, पीनस; यूरोपकी १७वीं और १८वीं सदीकी सवारी; बन्द मोटर-गाड़ी (जिसमें ड्राइवर समेत चार व्यक्ति बैठते हैं); = SALOON ○।

sedate a. (व्यक्ति, उसका आचरण, रूप, भाषण या लेखन आदि) सौम्य, शान्त, प्रशान्त, स्थिर, धीर, गम्भीर, समरूप, सयत, सन्तुलित, स्वस्थ, निरुद्वेजित, अचंचल, गम्भीर।

sedateness n. सौम्यता, शान्ति, प्रशान्तता, स्थिरता, धीरता, संयम, सन्तुलन, अक्षोभ, अनुद्वेग, निरुद्वेगभाव, अचचलता, गाम्भीर्य, धीरज।

sedation n. (औषध, प्रभाव इत्यादिका) शमन, उपशमन, शान्तिप्रदान शान्तीकरण, शीतलन।

sedative १. n. शामक औषध; २. a. (ओषधि, प्रभाव आदि) शमक, उपशामक, उपशमकारी, शान्तिप्रद, शान्तिकर, शीतल, यातनानिवारक (*~ solution*)।

sedent a. उपविष्ट, आसीन, बैठा हुआ।

sedentariness n. निष्क्रियता, निरुद्योगशीलता, आलसीपन, बैठा रहनेका स्वभाव, ठलुआपन, सुस्ती।

sedentary १. n. निष्क्रिय या सुस्त व्यक्ति, बैठा रहनेवाला मनुष्य; घातमें बैठी हुई मकड़ी; २. a. उपवेशनशील, निषादी, निलग्न, कार्यविमुख, अलस, निरुद्योगी, निश्चल, गतिहीन, बैठनेका अभ्यस्त, सुस्त, ठलुआ, बैठे रहनेका (जीवन आदि); आसीन, बैठा हुआ, बैठनेका (*~ posture*); घातमें बैठी हुई, टोहमें बैठी हुई (मकड़ी); (जन्तु०) गतिहीन, स्थिर, अचल, स्थावर, एक स्थानपर पड़ा रहनेवाला (*~ bird*)।

sederunt n. न्यायालयकी बैठक, इजलास।

sedge n. वलीक, मुस्ता, कीचड़ या पानीके किनारे उगनेवाला घासकी तरहका पौधा; इस प्रकारके पौधोंका थाला या क्यारी; ~-warbler, -wren कम्पित स्वरमें बोलनेवाला क्षुद्र पक्षी (जो नदी-नालोंमें ऐसे पौधोंके स्थानोंमें पाया जाता है)।

sedged a. मुस्ता पौधेसे सम्बन्धित; मुस्ता पौधोंसे भरा हुआ।

sedgy a. मुस्ता घासवाला।

sedilia n. pl. (sing. *sedile*, बव०) प्रधान गिरजा-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

घरमें पादरियोंके बैठनेके लिए आसन ।

sediment n. कल्क, निषाद, साद, अवशेष, उच्छिष्ट, शेष, किट्ट, मल, तलछट, तलौंछ, नीचेका मैल, गाद, कियट;अवसाद ।

sedimentary a. किट्टयुक्त, कल्कयुक्त, सादपूर्ण, नीचेके मैलवाला, तलछटवाला,तलछट-सम्बन्धी, अवसादीय, गाद-भरा (~ *rock*) ।

sedimentation n. अवसादन, कल्कन, निःसादन, अवक्षेपण, पंकसंचय, गादसंचय, तलछाटन ।

sedition n. विद्रोह, राजद्रोह, शान्तिभंग, व्यवस्थाभंग, जनविप्लव, कलह, उपद्रव, विद्रोहात्मक आचरण या भाषण, प्रजाक्षोभ, राजसत्ताके विरुद्ध आन्दोलन ।

seditionary n. राजद्रोहका प्रोत्साहक, विद्रोह करने या करानेवाला; राज्य या गिरजाघरमें परिवर्तन लानेका आकर्षण या प्रलोभन, फुसलाहट ।

seditionist n. राजसत्ताद्रोही, राजसत्तोपप्लवी, विद्रोही, राजद्राही, जनविप्लवी, राजद्रोहानुवर्त्ती, राजद्रोही दलका सदस्य, बागी आदमी ।

seditious a. विद्रोहात्मक, राजद्रोहात्मक, विद्रोही, राजद्रोही, विप्लवकारी, उपजापक, उपद्रवी, बागी, बगावतसे भरा हुआ (~ *speech*) ।

seditiousness n. विद्रोहात्मकता, राजद्रोहात्मकता, विद्रोहीपन, राजद्रोहीपन, विप्लवकारिता, विप्लवीभाव, बागीपन ।

seduce[1] v.t. (किसी स्त्रीको) सतीत्व-समर्पणके लिए फुसलाना, चरित्रभ्रष्ट करनेके लिए बहकाना, सत्पथसे डिगाना, छलना; सतीत्व भ्रष्ट करना, चरित्रनाश करना, धर्मभ्रष्ट करना; मार्गच्युत करना, पथभ्रष्ट करना, कुपथपर ले जाना, गुमराह करना, भटकाना; पापमार्गमें प्रवृत्त कराना, दूषित कराना, विकृत करना, पापकी ओर आकर्षित करना या प्रेरित करना, पाप या अपराधकी ओर लुभाना, शीलापवहन करना, भ्रष्ट करना, बिगाड़ना ।

seducement n. सतीत्वहरण, सतीत्वनाश, चारित्र्य-भ्रंश; वंचना, छल, फुसलाव, बहकाव, वरगलाहट; विमोहन, प्रलोभन, पथभ्रंशन, दुष्कर्ममें प्रवृत्त करनेका कार्य ।

seducer n. सतीत्वहर्ता, दूषक, वंचक, बहकाने-वाला, फुसलानेवाला; विमोहक, प्रलोभक, भ्रंशक, पथभ्रष्टकर्त्ता ।

seducible a. दूषणीय, प्रलोभन द्वारा परिचालनीय, भ्रष्ट करने योग्य, फुसलाने योग्य, छलने या बहकाने योग्य; अपराध या पापमार्गमें प्रवृत्त करने योग्य, पथभ्रष्ट करने योग्य, कुपथपर ले जाने लायक ।

seduction n. सतीत्वहरण, नारीहरण, शीलापवहन, चरित्रदूषण, फुसलावा, बहकावा; विलोभन, प्रलोभन, विमोहन,आकर्षण, दुष्प्रेरणा, प्रतारणा, प्रवंचना; विमोहक गुण, आकर्षक गुण, पाप-प्रेरक वस्तु, मोहकता, आकर्षण-शीलता (प्रायः सहज मनोविनोदके साधन) (*the ~s of a great capital, beauty, the country, etc.*) ।

seductive a. विमोहक, विमोही, प्रलोभक, प्रलोभन-कारी, आकर्षक, फुसलानेवाला, बहकानेवाला ।

seductiveness n. विमोहकता, प्रलोभन, प्रलोभन-कारिता, फुसलावा, बहकावा; आकर्षणशीलता ।

seductor n. पथभ्रामक, शीलापवाहक, भटकानेवाला, गुमराह करनेवाला ।

sedulity n. श्रमशीलता, निरन्तर उद्योग, अबाध उद्यम, अनवरत प्रयास, अक्लान्त श्रम, मेहनत, मशक्कत ।

sedulous a. अध्यवसायी, उद्योगी, उद्यमी, कार्यशील, क्रियाशील, श्रमशील, प्रयासशील, उद्योगासक्त, अभ्यासी, परिश्रमी, मेहनती, लगनेवाला; (कार्यके सम्बन्धमें) निरन्तर, अनवरत, अविश्रान्त, लगातार (*with ~ care*): श्रमसाध्य; *play the ~ ape* अनुकरणके द्वारा किसी साहित्यिक शैलीको अपनाना ।

sedulousness n. कार्यासक्ति, उद्योगशीलता, उद्यम-परता, प्रयासशीलता, परिश्रमशीलता, मेहनतीपन; अन-वरतता, निरन्तरता; श्रमसाध्यता ।

see[1] n. बड़े पादरीका अधिकारक्षेत्र, धर्ममण्डल (*Holy S~, the ~ of Norwich*) ।

see[2]* v.t. & i. दृष्टिगत करना, दृष्टि डालना, दृष्टिपात करना, दर्शन करना, देखना*, निगाह डालना, नजर डालना, ताकना (*~s best at night*); निरीक्षण करना, अन्वीक्षण करना, पर्यवेक्षण करना, अवलोकन करना, ध्यानसे देखना, दर्शन करना, लक्ष्य करना, दूरसे देखना, परखना, निरखना, गौर करना, गौरसे देखना (*children should be ~n and not heard*); समाचारपत्रसे जानना, अवगत होना, अखबारसे मालूम करना (*I ~ that another speed record was broken yesterday*); बुद्धिगम्य होना, धारणामें आना, अनुभव करना, समझना, सूझना, पकड़में आना, महसूस करना, दिमागमें जमना; निर्णय करना, विचार-प्रभेद करना; अनुमान करना, सोच-विचारकर निकालना, अन्दाज बैठाना, मथकर निकालना, मथना, मनन करना, तौलकर देखना; (अन्वेषण, विचारणा या मनन या खोजबीन आदिके द्वारा) निश्चित करना, दृढ़ करना, स्थिर करना, पक्का करना, ठहराना, बातको मजबूत करना; मनमें बैठाना, ध्यान देना, सोचना-विचारना, ख्याल करना, गौर करना (*cannot ~ a or the joke, point*); सोचकर, विचारकर (*~ing that you do not know it yourself*); गम्भीरता-से विचारना, खूब अच्छी तरह सोचना, चिन्तन मनम करना (*shall never ~ death*); अनुभव प्राप्त करना, अनुभव करना, ध्यानपूर्वक देख जाना, सावधानी एवं सूक्ष्मतासे निगाहमें देख जाना, ध्यानमें आना, ध्यानपर चढ़ना, निगाहमें चढ़ना, स्मरण करना, कल्पना करना, कल्पनाचित्र बनाना, समझना, बूझना, विश्वास करना (*cannot ~ myself submitting to it*); दर्शन पाना, दर्शन करना, देखने या मिलने जाना, जाकर मिलना या देखना, भेंट करना, मिलना, भेंटना, मुलाकात करना, इण्टरव्यू करना (*refused to*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ *me, went to* ~ *him*); स्वतः स्वीकृति देना, स्वेच्छासे सम्मतिदेना, अंगीकार कर लेना, सह्य समझना, ठीक समझना, कामचलाऊ समझना, अपने-आप मंजूरी देना (*do not* ~ *being made use of*); मार्गप्रदर्शन करना, रक्षार्थ साथ जाना, मददके लिए साथ चलना, पहुँचना, रास्ता दिखाना; साथ रहना (और प्रोत्साहन देना), लिवा ले जाना, साथ ले चलना (*may I* ~ *you home?*); आदर करना, मनमें जगह देना, चिन्ता करना, चिन्ता रखना, परवाह करना, निगाहमें रखना; प्रबन्ध करना, व्यवस्था करना; स्थिर करना, निश्चित करना, निश्चित होना, पक्का करना (~ *that it is done*); अन्वेषण करना, परीक्षण करना, परीक्षा लेना, परखना, जाँचपड़ताल करना (*must* ~ *into it*); गम्भीरतापूर्वक विचारना, विचार करनेका समय देना, समय लगाना, ध्यान लगाना; दृष्टिकोण रखना, धारणा बनाना, विचार बनाना, सम्मति होना, राय रखना, ख्याल करना (*I* ~ *life, things, it, differently now*); (जुएमें दाँव लगाने या प्रतियोगितामें दी गयी चुनौती) स्वीकार करना, मान लेना; ~-bright एक प्रकारका पौधा; *as far as I can* ~ अपने पूर्ण ज्ञानके भरोसे जहाँतक मेरी समझ है; *has* ~*n better, or its* etc. *best, days* कभी अच्छे दिन थे, अब नहीं रह गये; *has* ~*n service* चतुर है, कुशल है, माहिर है; *let me* ~ अच्छा सोच लूँ; ~ *about* ध्यान देना, सोचना, विचारना; ~ *after* ध्यान रखना; चिन्ता करना, परवाह करना, निगरानी करना, सम्हालना; ~ *good* उपयोगी या अच्छा सोचना या समझना, सुविधाजनक समझना; ~*ing is believing* अन्तःकरणका अनुभव ही सर्वोत्तम प्रमाण है; ~ *into millstone, through brick-wall* (ला०) असामान्य कुशाग्रता, तीव्र एवं दूरदर्शी दृष्टि, बुद्धिकी असाधारण सूक्ष्मता; ~ *life* मनुष्यों और व्यवहारोंका अनुभव प्राप्त करना, जमाना देखना, दुनिया देख रखना; ~ *off* विदा करना; ~ *out* अन्त तक निरीक्षण करना, अन्त तक देखना; अपेक्षाकृत अधिक चलना या ठहरना; ~ *over house* पर्यवेक्षण करना; ~ *stars* (सिरपर थप्पड़ मारनेसे) आँखोंके सामने तिलमिलो दिखायी देना, चक्कर-सा आने लगना; ~ *the back* (किसी आगन्तुक या आक्रमकको) पीठ देखना, किसीको जाते हुए या लौटते हुए देखना; ~ *the light* उत्पन्न होना, जन्म लेना, पैदा होना, संसारमें आना; जीवित रहना, जिन्दा रहना; ~ *red* (आ०) रक्तरंजित वस्तुओंको देखना, खूनी रंगकी चीजें देखना, ~ *the sights* दर्शनीय स्थानोंको देखना; ~ *thing done* बातको निपटते देखना, कामकी देख-रेख करना; ~ *things* सपने देखना, भ्रान्त दृश्य देखना, अप्रत्यक्षमें विचरना; ~ *thing through* or *out* काम पूरा करना, बातको सिरे चढ़ाना, करके रहना, अन्ततक पहुँचाना; ~ *through* (ला०) धोखेमें न आना, ठगा न जाना; प्रकृति समझ लेना, वास्तविकता जान लेना, सचाई समझ लेना, भाँप लेना, ताड़ जाना; ~ *to it that* चिन्ता करना, परवाह करना, ख्याल रखना; ~ *visions* भविष्यवक्ता होना. स्वप्नदर्शी होना, दूरद्रष्टा होना; *things* ~*n* प्रत्यक्ष वस्तुएँ, आँखों देखी चीजें, कल्पित नहीं; *well* ~*n* (प्रा०) अनुभवी, पूर्णानुभवी, कुशल, योग्य, देखे-समझे; *will* ~ *about it* देखा जायगा, अभी तो टालो; *you* ~ समझे।

seeable a. दृश्य, दर्शनीय, देखने योग्य, दिखाई पड़ने योग्य।

seed* १. n. (सामूहिक) दाना, बीज* (बोनेके लिए); (एक) बीज, बीजाणु, बीजा; शुक्र, वीर्य, रेत, मनी; (बाइ०) सन्तति, सन्तान, बाल-बच्चे, बच्चे, औलाद; प्रभव, उद्भव, सूत्रपात, श्रीगणेश, आरम्भ, प्रारम्भ, आदि, मूल कारण, प्रधान कारण, बीज, जीव या पौधेका मूल, आदितत्त्व, आदि कारण, शुरुआत (~*s of strife, vice*); २.v.t. & i. बीजवपन करना, बीज बोना, बीज बिखेरना, बीज छिड़कना; बीज उत्पन्न करना, बीजकी अवस्थाको प्राप्त करना, बीज बनना, बीज गिराना; (फल आदिसे) बीज निकालना, हटाना, बीज अलगाना; सनकी घाससे बीज अलग करना या निकालना; (खेलमें) अच्छे प्रतियोगियोंको चुन लेना, कच्चे खिलाड़ियोंमेंसे पक्कोंको छाँटना (मैचोंके लिए); ~ bed बीजभूमि, क्यारी; ~-cake सफेद जीरा मिली मीठी टिकिया; ~-coral छोटे बीजसदृश कणों वाला मूँगा; ~-corn बीज धान्य या अनाज; ~-drill बीज बोनेकी मशीन; ~-eater बीजभक्षी एक पक्षी; ~ fish शीघ्र ही अण्डे देनेको तैयार मछली; ~-leaf विकसित बीजपत्र, नाभिपत्र, प्रथमपत्र, गर्भदल, आद्यदल; ~-lobe बीजपत्र, नाभिपत्र, गर्भदल, आद्यदल; ~-oysters घोंघेके बच्चे; ~-pearl छोटा मोती; ~-plot क्यारी, (ला०) राजद्रोहका प्रमुख क्षेत्र, विद्रोहस्थल, बागियोंका अड्डा; ~-time बीज बोनेकी ऋतु या मौसम; ~-vessel बीजकोष; ~-wool बिनौले अलग करनेके पहलेकी कच्चा कपास; *go, run, to* ~ बीजावस्थाको प्राप्त होना, बीज होना; (ला०) जीर्ण-शीर्ण होना, नीच या अधम हो जाना; *of evil grain no good* ~ *can come* बोवै पेड़ बबूलका आम कहाँसे खाय; *raise up* ~ सन्तति बढ़ाना, बच्चे उत्पन्न करना; *sow the* ~*s of* प्रवर्तित करना, सूत्रपात करना, प्रारम्भ करना, बीज बोना;

~ bearer, ~-bearing, ~-bearing tree, ~ blower, ~ board, ~box, ~ bud, ~ coat, ~ cocoons, ~ collection, ~ covering, ~ crops, ~ development, ~ dispersal, ~ dispersal mechanism, ~ dormacy, ~ drill, ~ fall, ~ farm, ~ farmer, ~-field, ~-felling, ~ germination, ~ grain, ~ heads, ~ infection, ~ kiln, ~ lac, ~ leaf, ~ lymph, ~ measurer, ~ multiplication, ~-nursery, ~ plant, ~ pod, ~-potato, ~ production, ~ purity, ~ rate, ~ regeneration, ~ shell, ~shop, ~ size, ~sman, ~-snipe, ~-stalk, ~ storehouse, ~ stores,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ supplies, ~ testing, ~ time, ~ tree, ~ method, ~ tube, ~ vitality, ~ year.

seeded a. प्रौढ, पक्व, परिपक्व; सबीज, बीजमय, बीजयुक्त, बीजदार; बीजवियुक्त, बीज निकाला हुआ।

seeder n. वपक-यन्त्र, खेतमें कूँड बनाने तथा बीज बोने आदिकी मशीन, बीजमशीन; किशमिश बोनेका यन्त्र या औजार; अण्डा देनेको तैयार मछली।

seediness n. बीजमयता, बीजपूर्णता, बिजैलापन; निष्प्रभता, कान्तिहीनता, ग्लानता; फटेहालीकी अवस्था; अस्वस्थता, रुग्णता।

seeding n. वपन, बीजन, बोना (~ *pit*);

~ cutting, ~ cycle, ~ felling, ~ lath, ~ stage, ~ trough.

seedless a. वीर्यहीन; निर्बीज, बीजरहित, बिना बीजका; सन्ततिहीन, सन्तानहीन; मूलहीन, आरम्भहीन, आदि कारणरहित, बिना शुरुआतके।

seed-like a. बीजवत्, बीज-सा।

seedling n. बीजोत्पन्न वृक्ष, बीजसे उगनेवाला पौधा (कलमसे नहीं); नवपादप, छोटा मृदुल पौधा; क्षुद्रबीज, अंकुर (~ *infection*);

~ coppice, ~ crop, ~ establishment period, ~ foliage, ~ forest, ~ growth, ~ mortality, ~ plants, ~ regeneration, ~ roots, ~ stage ~ table, ~ tree, ~ weed, ~ year.

seedy a. बीजमय, बहुबीज, बीजयुक्त, बीजपूर्ण, बीजभरा, बिजैला, बीजदार, बीजल; (बोल०) निष्प्रभ, कान्तिहीन, ग्लान, मलिन; निष्क्रिय, क्रियाहीन, अव्यवहार्य, सुस्त; जीर्ण, शीर्ण, फटे-पुराने कपड़ोंमें, चीथड़ोंमें, पुराना-सा; अस्वस्थ, रुग्ण, रोगी, बीमार, मरीज; ~ toe घोड़ेके पाँवका एक रोग, खुरकी बीमारी।

seeing[1] n. दृष्टि, निगाह।

seeing[2] conj. जबकि, ऐसा होनेपर, इसलिए कि।

seek v. t. & i. अनुसन्धान करना, अन्वेषण करना, पता लगाना, ढूँढ़ना, तलाश करना, खोजना; ढूँढ़ लेने या पानेके लिए चेष्टा करना, यत्न करना, इच्छुक होना या कोशिश करना, चाहना (*what are you ~ing?*); (किसी स्थानपर या किसी व्यक्तिके पास परामर्श या स्वास्थ्यलाभके लिए) जाना, भेंट करना, मिलना; उद्देश्य मानकर अनुकरण करना या अनुगमन करना, करनेका प्रयास करना, चेष्टा करना; (किसीकी वस्तु) माँगना, पूछना; ध्येय बनाना, लक्ष्य बनाना, उद्देश्य बनाना, लक्षित करना, निशाना बनाना; (स्थान, पात्रकी) तलाशी लेना, तलाशना, ढूँढ़ लेना, पाना; (प्रा०) (किसी स्थान या व्यक्तिके पास) शरणके लिए आना, सहायताके लिए कहयोंकी सख्यामें पहुँचना; विनय या याचना करना, प्रार्थना करना; ~-no-further शीतकालीन रक्तिम सेब; *is to ~ or much to ~* अल्प प्राप्त है, अभाव है, अप्राप्त है, दुर्लभ है, कम है, अन्विष्य है, अभी उपलब्ध नहीं है, मिलती नहीं है (*politeness is much to ~ among them*); ~ *after* खोजमें निकलना, ढूँढ़ने निकलना; ~ *dead !* मारे हुए शिकारको खोजो (इस प्रकार पालतू शिकारी कुत्तेको आदेश); ~ *for* खोजमें होना, तलाशमें रहना; चाहना; ~ *out* खोज लेना, पता पा लेना, ढूँढ़ निकालना, सुराग लगा लेना।

seeker n. अनुसन्धानकर्त्ता, अन्वेषणकर्त्ता, खोजनेवाला, पता लगानेवाला, तलाश करनेवाला; निवेदक, प्रार्थक; प्रयत्नकर्त्ता, उद्योगी; ध्येयवान्, लक्ष्यवाला।

seel v.t. (बाजकी) आँखें मूँदना, अन्धा करना।

seem* v.i. प्रतीयमान होना, बोध होना, प्रतीत होना*, ज्ञात होना, साक्षात् होना, भासना, मालूम होना, मालूम पड़ना, लगना*; प्रत्यक्ष होना, दृष्टिगत होना, प्रकट होना, अनुभव होना, स्पष्ट रूपसे देखा जाना, करनेके लिए सुझाई पड़ना, दिखाई देना, दिखाई पड़ना, नजर आना, जाहिर होना (~*s to be a good fellow*; ~*s to have died*); यथार्थ प्रतीत होना, वास्तविक लगना, सूझ पड़ना, जान पड़ना, मालूम होना, ठीक जँचना (*it ~s you were lying*); *do not ~ to* (ग्रा०) किसी प्रकार नहीं (*I do not ~ to like him, fancy it*); *me ~s* (प्रा०) लगता है; ~ *good to* उपयुक्त या उचित लगना, उपयुक्त जँचना, अच्छा मालूम होना; *what ~eth him good* (प्रा०) जो भी वह पसन्द करे, जो भी उसे अच्छा लगे।

seemer n. व्यपदेशक, बहाना करनेवाला; प्रतीयमान होनेवाला; बोधमें आनेवाला, भासित होनेवाला; अनुभूत होनेवाला, स्पष्ट लक्षित होनेवाला।

seeming a. प्रतीयमान, आभासी, आभासमान्, बोधमें आनेवाला, भासित होनेवाला; प्रकट, दृश्यमान, स्पष्ट, प्रत्यक्ष, बाह्य, व्यक्त; कल्पित, दिखावटी, बनावटी; अयथार्थ, अवास्तविक, कृत्रिम, दिखावेका, नकली, झूठा, ऊपर-ऊपरका (*a ~ friend, sincerity*)।

seemingness n. प्रतीयमानता, प्रकटता।

seemliness n. भद्रता, उत्तमता, शिष्टता, भद्रौचित्य, औचित्य, उपयुक्तता, सुसंगति, सुन्दरता, अच्छाई, दिखावट, सजावट।

seemly a. & adv. भद्र, भद्रोचित, उत्तम, उचित, शिष्ट, उपयुक्त, युक्त, सुसंगत, शोभन, सुन्दर, ठीक, अच्छा, सुहावना, खूबसूरत।

seen SEE का भू० कृ०।

seep v.i. रिसना, चूना, टपकना।

seepage n. स्राव, स्रवण, क्षरण, चुआव, टपकन।

seer[1] n. भविष्यद्रष्टा, भविष्यवक्ता, ऋषि, भाविदर्शी, भविष्यदर्शी, दूरदर्शी, दीर्घदर्शी, सिद्धपुरुष, अज्ञात बातको देखने और कहनेवाला, पैगम्बर, नबी।

seer[2] n. सेर (तौलने या नापनेका)।

seesaw १. n. सी-सौ खेल (जिसमें दो बच्चे तख्तेके दोनों सिरोंपर बैठकर ऊपर-नीचे झूलते हैं); झूलनेका सन्तुलित तख्ता, ढेंकुल; २. v. i. इस तख्तेका खेल खेलना, सीसौका खेल खेलना; झूलेके तख्तेकी भाँति नीचे-ऊपर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

चलना, नीचे-ऊपर होना; नीतिमें अस्थिर होना, दुविधामें होना, अपने मन्तव्यमें डाँवाडोल होना; ३. a. आन्दोलक, नीचोपरिक, उन्नतानत, आरीकी भाँति आगे-पीछे गतिवाला, आगे-पीछेकी चालवाला (~ *motion*); *go* ~ अस्थिर होना, अनिश्चित होना, दुविधामें होना, डावाँडोल होना।

seethe v.t. & i. (ला०) आन्दोलित करना, उत्तेजित करना, क्रुद्ध करना, ताव दिलाना, जोश दिलाना (*enthusiasm ~ing in his brain*); आन्दोलित होना, उत्तेजित होना, क्रुद्ध होना, उबल पड़ना, उबलना, तावमें आना, ताव खाना, गुस्से होना, जोशमें आना; उबलना, उबालना, उबालकर पकाना; खौलना, खौलाना, ताव आना, ताव देना (प्रा०; *thou shalt not ~ a kid in his mother's milk*)।

seg n. षण्ढ बलीवर्द, बधिया बैल।

segar n. CIGAR का प्राचीन रूप।

segment १. n. विच्छेद, छिन्न अंश, खण्ड, भाग, टुकड़ा, फाँक; छिन्नांश, (किसी आकृतिका रेखा आदिके द्वारा) कटा हुआ भाग; ⊙ वर्ण, व्यंजन; २. v.t. & i. अंशोंमें विभाजित करना, खण्डोंमें विभक्त करना, खण्ड-खण्ड करना, खण्डोंमें विभक्त होना, विभाजित होना, खण्डशः विभक्त होना, टुकड़ोंमें बाँटना, दरार पड़ना; (श०र०शा०) कोरकविन्यासके द्वारा पुनः उत्पन्न करना; ~-gear दन्तुर चक्रक, दाँतेदार गरारी; ~ of a circle वृत्तखण्ड, अवधा; ~ of line रेखाखण्ड, दो बिन्दुओंके मध्यका किसी रेखाका अंश; ~ of sphere गोलीय खण्ड; ~-rack दन्तुर सम्पीड़न-यन्त्र, दाँतेदार शिकंजा; ~-saw वृत्तखण्ड दाँतेदार आरा, गोलाकार आरा, गोल चिराई करनेवाला आरा; ~-valve खण्डयुक्त द्वार अथवा किवाड़, टूटनदार किवाड़; ~-wheel दन्तुर चक्र, दाँतेदार पहिया।

segmental, segmentary aa. खण्ड-, खण्डीय, खण्डयुक्त, खण्ड-सम्बन्धी, टुकड़ेदार (~ *arrangement*); ~ duct खण्ड-प्रणाली।

segmentate a. विच्छिन्न, छिन्न, खण्डित, भाजित, टुकड़े किया हुआ।

segmentation n. विच्छेद, विभाजन, एक कोष या कोषाणुसे अनेक कोषों या कोषाणुओंकी रचना।

segmented a. खण्डयुक्त, विभाजित।

segno n. (संगीत) आवृत्ति चिह्न 𝄋।

segregable a. विच्छेद्य, वियोज्य, पृथक्करणीय, अलग करने योग्य।

segregate[1] v.t. & i. स्वतन्त्र करना, विच्छिन्न करना, वियुक्त करना, सम्बन्धमुक्त करना, पृथक् करना, अलगाना, हटाना, काट लेना; समूहसे अलग होना, विच्छिन्न होना, विलग होना, पृथक् होना, कटना; रेखाओंमें जमा होना।

segregate , segregated aa. स्वतन्त्र, विच्छिन्न, वियुक्त, सम्बन्धमुक्त, पृथक्कृत, पृथक्, अलग, अलग रखा हुआ; (जन्तुवि०) असंयुक्त, निःसंग, एकान्त, एकमात्र; सरल।

segregation n. वियोग, प्रवियोजन, विसंयोजन, पार्थक्य, विश्लेष, पृथक्करण, अलगाव, हटाव, विलगाव; ~ accommodation, ~ area, ~ camp, ~ law, ~ leave, ~ shed.

segregative a. पृथक्कारी, पृथक्करणशील, अलग करनेवाला, अलगावबाला।

seiche n. (विशे० स्वीट्जरलैण्डमें झीलोंका) जल-दोलन, तलस्पन्दन, तल-कम्प, तल-परिवर्तन, पेटेकी ऊँचाई-निचाईमें उथल-पुथल।

seidlitz powder n. मृदुविरेचक चूर्ण, एक प्रकारकी रेचक या दस्तावर ओषधि, सिडलिस पाउडर।

seigneur, seignior n. भूस्वामी, सामन्त, जागीरदार, ताल्लुकेदार, रईस; grand ~ सामन्त महान्, उच्च-श्रेणी या पदवीका रईस।

seigneurial a. भूस्वामीय, सामन्तीय, भूस्वामी-विषयक, सामन्त-सम्बन्धी, जागीरदार-सम्बन्धी, ताल्लुकेदार-सम्बन्धी, रईसका।

seigneury n. = SEIGNIORY.

seignior n. = SEIGNEUR.

seigni(i)orage n. मुद्राओं या सिक्कोंपर सामन्त या सम्राट्का अधिकार; टंकणप्रलाभ, सामन्त या सम्राट्का कर।

seigniorial a. सामन्ती, जागीरदारोंका, ताल्लुकेदारोंका, जमींदारीका, जमींदार-सम्बन्धी।

seigniory n. प्रभुत्व, स्वामित्व, प्रभुसत्ता, राजसत्ता, सत्ता, प्रभुता, सामन्ती स्वामित्व; भूस्वामी, सामन्त या जागीरदारका क्षेत्राधिकार, प्रदेश, इलाका, जागीर; मध्ययुगीन इटलीके गणतन्त्रका नगरपालिका परिषद् या म्युनिसिपल काउन्सिल।

seine १. n. (मछली मारनेका) महाजाल, बड़ा जाल; २. v.t. & i. बड़े जालसे मछली पकड़ना, मछली फँसाना; ~-gang महाजालियोंका समूह, बड़े जालवाले मछुवोंका झुण्ड।

seiner n. पाशक, महाजालके द्वारा मछली मारनेवाला, महाजालक मछुवा।

seise v.t. वैध अधिकारमें रखना, कानूनी कब्जेमें रखना।

seised a. अधिकृत, अधिधृत, कानूनन कब्जेमें।

seisin n. दे० SEIZIN.

seism n. भूकम्प, भूचाल।

seismal a. दे० SEISMIC.

seismatical a. भौकम्पिक।

seismic, seismal aa. भौकम्पिक, भूचाल-विषयक, भूचालीय, भूचाल या भूकम्प-सम्बन्धी (*sea-wave*)।

seismicity n. भूकम्पका आधिक्य या प्राचुर्य; भूकम्पनीयता, भूकम्पग्रस्तता, भूकम्पका प्रभाव।

seismism n. भूचलन, भूकम्पन, भूकम्पका घटित होना।

seismogram n. भूस्पन्दन-लेख, भूकम्प-लेख,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

सीस्मोग्राम ।

seismograph n. भूकम्पलिख, भूचाल-गतिविधि-सूचक यन्त्र, भूकम्प-यन्त्र ।

seismographer n. भूकम्पलेखक ।

seismographic a. भूस्पन्दनचित्र-विषयक, भूकम्प-मापक-यन्त्र-सम्बन्धी ।

seismography n. भूकम्प-वर्णना, भूस्पन्दन-शास्त्र, भूचाल-विद्या, भूकम्प-विज्ञान ।

seismologist n. भूस्पन्दनशास्त्री, भूचालवेत्ता, भूकम्पवैज्ञानिक ।

seismology n. भूस्पन्दन-शास्त्र, भूचाल-विद्या, भूकम्प-विज्ञान ।

seismometer n. भूकम्पमापी, भूकम्पमान, भूस्पन्दन-वेग-मान, भूचाल-वेगमापक, भूकम्प-वेग-मापक यन्त्र ।

seismoscope n. भूकम्पेक्ष, भूस्पन्दनदर्श, भूचालदर्शक, भूकम्पदर्शक यन्त्र, सीस्मोग्राफ ।

seity n. स्व, आत्मा, खुदी ।

seizable a. अधिकरणीय, आधिपत्यके योग्य, अधिकार करने योग्य, कब्जा करने लायक, जब्त करने लायक, कुर्क करने लायक ।

seize v.t. & i. (क़ानून) अधिकृत करना, अधिकारमें करना, अपने कब्जेमें लाना; (निषिद्ध वस्तुओं, प्रलेख (दस्तावेज) आदिपर) कानूनी अधिकार या वारण्टके द्वारा आधिपत्य करना, स्वत्व जमाना, रोध करना, निरोध करना, कब्जा करना, दखल करना, जब्त करना, कुर्क करना; अकस्मात् या बलपूर्वक अपहरण करना, अभिग्रहण करना, बलात् अधिकार करना, धर लेना, छीनना, पकड़ना, झपटना, लपकना, हथिया लेना, जबरन ले भागना; मनोगत करना, धारण करना, ग्रहण करना, अधिगत करना, अच्छी तरह समझ लेना, जल्दीसे साफ तौरपर जान लेना (*~ an idea, the point*); किसी वस्तुको उत्सुकतापूर्वक हस्तगत करना, तीव्रतासे पकड़ना, तेजीसे लेना, जल्दीसे हथियाना (*~ upon a chance* or *pretext*); (नौवि०) खूब कसकर बाँधना, रस्सीसे बाँधना, रस्सीसे अच्छी तरह कसना, जकड़ना (*~ ropes together*); (मशीनोंका) अनावश्यक घर्षण या तापके कारण रुक जाना, बन्द हो जाना, थक जाना, जकड़ जाना; ~ one *up* कोड़े लगानेके लिए जहाजके मस्तूलसे रस्सीसे बाँधना ।

seized a. (*~ of* भी) अधिगृहीत, अभिभूत, संसक्त, पकड़ा हुआ (*~ packages*); अभिभूत (*was ~d, by apoplexy, with remorse* or *panic*); अवगत, अधिगत (*stand ~ of*) ।

seizer n. SEIZOR.

seizin, seisin n. (क़ानूनी) अधिधारण, उन्मुक्त भूम्यधिकारके द्वारा भूमिपर आधिपत्य, माफीकी जमीनपर कब्जा करना; इस प्रकारसे आधिपत्यमें की गयी भूमि; इस प्रकारका भूमि-आधिपत्य कार्य, धृतकरण, जमीनकी कब्जेदारी ।

seizing n. (प्रायः pl.) अधिकार, पकड़-जकड़, बाँधनेका कार्य ।

seizor n. (क़ानूनी) आधिपत्यकर्त्ता, अपहारक, रोधकर्त्ता, ग्राहक, अधिकार करनेवाला, कब्जा करनेवाला, जब्त करनेवाला, कुर्क करनेवाला ।

seizure n. क्रियागत अर्थोंमें; (क़ानून) अभिग्रहण, धारण, आकलन; मूर्च्छा रोगका आकस्मिक आघात, आवेश, आक्रमण, बीमारीका दौरा, मर्जका हमला ।

sejant a. (अगले पैरोंको खड़ा करके) स्थित, बैठा हुआ (पशु) ।

sejm n. सेम (पोलैण्डकी संसद्का निम्न सदन) ।

sejugous a. षड्दल-युग्म-, षड्दलयुग्मी, षट्पत्रयुग्म, छः जोड़े पत्तियोंवाला ।

selamlik n. (तुर्की घरोंमें) पुरुष-कक्ष, पुरुषोंका कमरा ।

seldom adv. क्वचित्, कदाचित्, यदा-कदा, विरल, विरला, विरले ही, बहुत कम, कभी-कभी, जब कभी (*~ or never*); दैवात् ।

select १. v.t. प्रवरण करना, मनोनीत करना, निर्वाचित करना, उत्कृष्ट या उत्तमको चुनना, वरण करना, छाँटना, पसन्द करना (*~ your own playmates*); २. a. प्रवर, मनोनीत, निर्वाचित, उत्कृष्ट, उत्तम, विशिष्ट, उम्दा, चुना हुआ, खास खास; (समुदाय, समाज आदिके सम्बन्धमें) विशिष्ट, प्रवरजन-सीमित, असार्वजनिक, असाधारण, सदस्योंको प्रवेश देनेमें सावधान; ~ cadre प्रवर संवर्ग; ~ committee प्रवरसमिति, चुनी समिति, छोटी संसदीय समिति; ~man ⊙ (न्यूज़ीलैण्डके नगरमें प्रतिवर्ष निर्वाचित) पारिषद् (एक सदस्य); ~ post प्रवरपद ।

selected a. प्रवृत्त, बढ़िया (*~ person, site*) ।

selection* n. मनोनीत विषय, निर्वाचित वस्तु, बरिष्ठ, चुना हुआ या छाँटा हुआ माल (*a fine ~ of summer goods*); चयन, संग्रह, संकलन, प्रवरण, वरण, वृति, चुनाव, चाहना, पसन्द*, पसन्दगी, छाँट (*what is your ~ ?*); (प्राणिवि०) अनेक प्रकारसे उन पौधों और पशुओंकी जातियोंका चयन (जो विकासवादी सिद्धान्तके अनुसार जीवित रहनेके योग्य हैं, *natural ~*); ~ board, ~ committee, ~ coppice method, ~ coppice system, ~-cum-improvement, ~-cum-improvement working circle, ~ felling, ~ forest, ~ grade, ~ method, ~ power, ~ system, ~ thinning, ~ working.

selective a. वरणात्मक, वरणक्षम, प्रवरणशील, चुनने योग्य, छाँटने लायक (*~ absorption, reduction*); सुविशिष्ट (*~ activity*); ~ service ⊙ फौजमें जबरदस्ती भर्ती ।

selectivity n. वरणात्मकता, वरणक्षमता, प्रत्यावृत्ति, चुने जानेकी योग्यता, छाँटने लायक होना; सुविशिष्टता ।

selectness n. प्रवरता, उत्कृष्टता, उत्तमता, विशिष्टता, असाधारणता, बढ़ियापन ।

selector n. प्रवरणकर्त्ता, चुननेवाला, छाँटनेवाला ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

selenate n. मेचीय, सिलीनी शोरा, सिलीनी तेजाबका नमक।

selenian a. चान्द्र, चान्द्रमस, चन्द्रमा-विषयक, शशि-सम्बन्धी, चाँदका।

selenic a. मेचाम्निका, सिलीनियम-सम्बन्धी; चान्द्र, चन्द्रमाका।

selenious a. मेच्य, सिलीनियमयुक्त।

selenite n. चन्द्रकान्त, चन्द्रमणि; मेचाइम।

selenium n. मेचाग्नि (गन्धक-सदृश), चन्द्रधातुक पदार्थ, उपगन्धक, सिलीनियम।

selenodont a. शशिदन्त, नये चन्द्रमाके आकारके दाँतवाला।

selenograph n. चन्द्रचित्र, चन्द्र-मानचित्र, चन्द्रमाका नकशा।

selenographic a. चन्द्र-चित्रीय, चन्द्र-मानचित्र-विषयक, चन्द्रमाके नकशेका।

selenography n. चन्द्रविद्या, चन्द्रचित्रांकनविद्या, चन्द्रलेख-शास्त्र, चन्द्रमा-सम्बन्धी अध्ययन।

selenology n. चान्द्रिकी, चन्द्रशास्त्र, चन्द्रसिद्धान्त, (ज्योतिषकी चन्द्रमा-सम्बन्धी शाखा)।

selenomancy n. चन्द्रशकुन-विचार।

selenotropic a. चन्द्रप्रवण, चन्द्रोन्मुख, चन्द्रमुखी, चन्द्रमाकी ओर मुँह करनेवाला।

selenotropism n. चन्द्रप्रवणता, चन्द्रोन्मुखता, चन्द्रमुखता।

self* (pl. *-ves*) १. n. स्वयं, निज, आत्म, आप*, स्व, आपा, खुदी (*the study of the ~*); अहं, आत्मभाव, स्वयंभाव, (किसी व्यक्ति अथवा वस्तुका) अपना निजी व्यक्तित्व या अस्तित्व; आत्मसुख, आत्महित, आत्मानन्द-चिन्तन, अपने सुख और स्वार्थोंका ध्यान, निजी हित, निजी आनन्द, स्वार्थ, स्वसुख, स्वार्थ-चिन्तन, स्वार्थपरता, अपना मतलब (*cares for nothing but, refers everything to, ~*); (समान या प्राकृतिक) वन्य वर्णका पुष्प, निजी रंगका फूल; २. a. (रंग) एक-सदृश, एकरूप, एक समान, एक-सा; इकरंगा, एक ही रंगवाला (फूल); better ~ सद्वृत्तियाँ, श्रेष्ठ या उत्तम वृत्तियाँ, अच्छी प्रेरणाएँ; former ~ अपने स्वयंका पूर्वस्वभाव, पहलेका स्वभाव; himself, myself, yourself, वह, मैं, तुम, आप।

self-abandoned a. विषयाभिरत, विलासी, भोगी, कदाचारी।

self-abasement n. आत्मानादर, आत्महीनता, आत्मलघुता, मनकी छोटाई।

self-abnegation n. आत्मावहेलना, आत्म-तिरस्कार; त्याग-स्वीकार।

self-absorbed a. आत्मस्थ, आत्मलीन, आत्ममय, ध्यानस्थ, अपनेमें मग्न।

self-absorption n. आत्मलीनता, आत्ममग्नता।

self-abuse n. आत्मदुरुपयोग, हस्तमैथुन आदि; अपनी शक्तिका ह्रास।

self-accusation n. आत्माभियोग, आत्मदूषण, आत्मनिन्दा, आत्मदोषारोपण, अपने ऊपर स्वयं आरोप लगाना।

self-acquired a. स्वप्राप्त, स्वार्जित (*~ property*)।

self-acting a. स्वतःकारी, स्वतःक्रियाशील, स्वयं संचालित, स्वयं गतिशील (*~ machine*)।

self-adjusting a. स्वयं व्यवस्थापी, अपने-आप ठीक होनेवाली (*~ force, machine*)।

self-advantage n. आत्मलाभ, निजी लाभ।

self-applause n. आत्म-प्रशंसा, आत्मश्लाघा।

self-appointed a. स्वयंनियुक्त, स्वयंनिर्दिष्ट, अपने आप लगा हुआ।

self-asserting, -assertive aa. स्वमतस्थापनशील, अधिकामनाशील, आत्मप्राधान्य स्थापित करनेवाला, अपने दावेको आप मनवाता हुआ।

self-assertion n. स्वमतस्थापन, स्वाग्रह, आत्म-प्राधान्य-स्थापन।

self-binder n. (खेती काटकर गड्डियोंको) अपने-आप बाँधनेवाली मशीन।

self-centred a. स्वकेन्द्रित, आत्मकेन्द्रित, स्वनिष्ठ, आत्मनिष्ठ, स्वार्थी, अपना ही अपना सोचनेवाला।

self-closing a. अपने-आप बन्द होनेवाला, स्वयं ही भिंचनेवाला।

self-colour n. स्वाभाविक रंग, वास्तविक निजी रंग (किसी पदार्थ या फूलका)।

self-coloured a. स्वर्णयुक्त, स्वाभाविक रंगका, एक ही रंगका।

self-command n. आत्मनियन्त्रण, आत्मसंयम, आत्मदम, इन्द्रियजय, अपनी वृत्तियोंको वशमें करनेकी शक्ति।

self-complacent a. आत्मतुष्ट, आत्मसन्तुष्ट, आत्म-तृप्त, अपने-आपमें मस्त।

self-conceit n. अहम्, अहंकार, आत्माभिमान, ममत्व, स्वाभिमान, खुदपसन्दी।

self-conceited a. अहंकारी, आत्माभिमानी, स्वाभि-मानी, खुदपसन्द।

self-condemned a. आत्मगर्हित, स्वयंकलंकित, आत्माभियुक्त।

self-confidence n. आत्मप्रत्यय, आत्मविश्वास, अपनी क्षमतापर विश्वास, अपने-आपपर भरोसा (*he lacks ~*)।

self-confident a. आत्मप्रत्ययी, आत्मविश्वासी, अपनेपर भरोसा करनेवाला।

self-conjugate a. स्वानुबद्ध (*~ triangle*)।

self-conjugation n. आत्मसंयुग्मन।

self-conscious a. (द० शा०) आत्मप्रबुद्ध, आत्म-ज्ञानी; आत्मचेतन, आत्मसजग, आत्मचिन्तित।

self-consciousness n. आत्मज्ञान, आत्मबोध; आत्मचेतना, स्वचेतना, जागृत अहं; झेंप।

self-consuming a. आत्मोपभोगकारी, स्वयंक्षय-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

कारी, आत्मविनाशशील, स्वयं उपभुक्त होनेवाला।

self-contained a. आत्मलीन, स्वरत; आत्मगत, निजगत; स्वतःपर्याप्त, अनन्यापेक्ष, स्वतःपूर्ण, स्वयंपूर्ण, आत्मनिर्भर, अपनेमें भरापूरा (*~units*); लज्जाशील, शर्मीला, झेंपू।

self-contradictory a. आत्मप्रतिवादपूर्ण, आत्मव्याघाती, परस्परविरोधी, स्वविरोधी, विप्रतिषिद्ध, (*~ statements*)।

self-control n. आत्मसंयम, आत्मनियन्त्रण, आत्मशासन, आत्मनिग्रह, इन्द्रिय-संयम, अपनेपर काबू।

self-convicted a. स्वतःदोषप्रमाणित, स्वतःदण्डित, स्वयं अपनेको अपराधी घोषित करनेवाला।

self-deception n. आत्मवंचना, आत्मछल, अपने-आपसे धोखा।

self-defence n. आत्मरक्षा, स्वरक्षा, अपना बचाव।

self-denial n. आत्मत्याग, आत्मपरित्याग, आत्मनिरोध, आत्मनियम, स्वार्थत्याग, इच्छादमन, स्वार्थहोम, मनको मारना।

self-dependence n. स्वावलम्बन, आत्मावलम्बन, स्वाश्रय, आत्माश्रय, अपना बल या भरोसा।

self-depreciation n. आत्मावमूल्यन, आत्मगौरव-ह्रासकार्य, अपनी साख कम करनेका कार्य।

self-determination n. स्वयंनिर्णय, आत्मनिर्णय, आत्मनिश्चय, स्वसंकल्प, स्वतन्त्र इच्छा; (राज०) आत्मनिर्णयका अधिकार, (राष्ट्रका अपनी) स्वतन्त्र नीति निर्धारणका अधिकार।

self-development n. आत्मोन्नति, आत्मविकास, अपनी वृद्धि, अपनी तरक्की।

self-devotion n. आत्मार्पण, आत्मोत्सर्ग, आत्मनिवेदन, स्वानुरक्ति।

self-display n. आत्मप्रदर्शन।

self-disserving a. आत्मापकारी (*~ evidence*)।

self-distrust n. आत्माविश्वास, अपनेपर अविश्वास, अपने आपपर अप्रतीति।

self-educated a. स्वतःशिक्षित, स्वाध्यापित, आत्मशिक्षित।

self-effacement n. आत्मविनाश, आत्मविकृति, आत्मविलोपन, अपनेको मिटाना।

self-esteem n. आत्माभिमान, अहम्मान, अहम्मति, आत्मादर, खुदपसन्दी।

self-evident a. स्वयंसिद्ध, स्वप्रकाश, स्वतःस्पष्ट, स्वतःप्रमाण, प्रत्यक्ष, स्वतःसिद्ध (*~ expression*)।

self-examination n. आत्मपरीक्षण, आत्मपरीक्षा, आत्मनिरीक्षण।

self-existent a. आत्मभू, स्वयंभू, स्वयंजात, स्वतःसिद्ध।

self-explaining, -explanatory aa. निगदव्याख्यात, स्वयंव्याख्यात, स्वतः स्पष्ट, आत्मव्याख्याशील, आत्मविवरणशील।

self-forgetful a. आत्मविस्मृत, आत्मविस्मरणशील; निस्स्वार्थ।

self-generating a. स्वजनक, आत्मजनक, स्वतःजनक।

self-glorification n. आत्मश्लाघा, आत्मसम्मान, आत्ममहत्त्वस्थापन, आत्मयशस्वीकरण।

self-governing a. स्वायत्त, स्वतन्त्र, स्वाधीन, स्वायत्तशासनाधिकारप्राप्त, आत्मनियामक, आजाद, खुदमुख्तार (*~ colony*)।

self-government n. स्वशासन, स्वायत्त शासन, स्वराज्य, आत्मनियमन, आत्मशासन।

self-help n. स्वसाहाय्य, आत्मसाहाय्य, आत्मनिर्भरता, स्वावलम्बन।

selfhood n. (ब्रह्म०) व्यक्तित्व, पृथक् एवं चेतन अस्तित्व, आपा, खुदी, अपना पन।

self-humiliation n. आत्ममानमर्दन, आत्मानादर, आत्मग्लानि, अपनी खुदकी बेइज्जती।

self-importance n. आत्मगौरव, आत्मश्लाघा, अहंमहिमा, अहम्मान, अहम्मन्यता, स्वार्थपरता।

self-important a. अहंकारी, अहम्मन्य, पाखण्डी, अपने-आपको कुछ समझनेवाला, बनावटी।

self-imposed a. आत्मारोपित, स्वेच्छासे गृहीत, स्वयं लादा हुआ (कार्य आदि)।

self-improvement n. आत्मविकास, आत्मोन्नति, आत्मोत्कर्ष, आत्मोत्थान।

self-induction n. स्वप्रेरण, आत्मप्रेरेचन।

self-indulgence n. आत्मनिरति, सुखासक्ति, सुखलोभ, सुख-सुविधाके प्रलोभनोंके प्रति लगाव।

self-indulgent a. आत्मनिरत, सुखासक्त, सुखलोभी, सुखसुविधाप्रिय।

self-inflicted a. आत्मदण्डित, स्वतःदण्डित, स्वतःपीड़ित; स्वयंकृत, आत्मकृत, स्वतः किया हुआ (*~ wound*)।

self-interest n. स्वहित, आत्महित, स्वार्थ।

self-interested a. स्वार्थपरायण, स्वार्थपर, स्वार्थनिष्ठ, स्वार्थबुद्धि, स्वार्थी, मतलबी।

self-invited a. आत्महूत, आत्मनिमन्त्रित, बिना कहे खुद माँगनेवाला या बिना बुलाये आनेवाला।

selfish a. स्वार्थपरायण, स्वार्थनिष्ठ, स्वार्थपर, स्वार्थबुद्धि, स्वार्थदृष्टि, स्वार्थी, स्वलाभनिष्ठ, स्वलाभतत्पर, आत्मसर्वस्व, मतलबी, खुदगर्ज; आत्महित-समर्थक, स्वलाभप्रद, स्वार्थ-प्रेरक; स्वार्थपूर्ण, स्वार्थमय, मतलबका (मन्तव्य); *~ theory of morals* आत्मसुख या स्वार्थसमर्थक नीतिशास्त्र, स्वार्थनीति, गर्जपरस्तीकी फिलासफी।

selfishness n. स्वार्थपरायणता, स्वार्थपरता, स्वार्थीपन, स्वलाभनिष्ठा, स्वार्थबुद्धि, स्वार्थपूर्णता, स्वार्थमयता, मतलबीपन, खुदगर्जी।

self-knowledge n. आत्मबोध, आत्मज्ञान, आत्मपरिचय, निजबोध।

selfless a. स्वार्थहीन, स्वार्थरहित, निस्स्वार्थ, त्यागी,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

बेगर्ज़ ।

selflessness n. स्वार्थहीनता, निस्स्वार्थता, निर्ममता, बेगर्ज़ी ।

self-love n. आत्मप्रेम, आत्मप्रीति, आत्मरति, ममता, सुखभोगलिप्सा, स्वार्थपरता, स्वार्थीपन, सुखाकांक्षा, भोगवृत्ति, स्वानुराग; अहंभाव, अहंकार, अहम्मन्यता; (क०) आत्मोन्नतिकी आकांक्षा, आत्मविकासकी इच्छा; खुदपरस्ती

self-made a. स्वनिर्मित, स्वसिद्ध, अपने परिश्रम द्वारा कीर्तिप्राप्त, अपनी मेहनतसे वृद्धि पाया हुआ, आप बना हुआ (प्रायः अश्लीलताके अर्थमें) ।

self-mastery n. स्वामित्व, स्वप्रभुत्व, स्वाधिपत्य, स्वाधिकार, स्वशासन, आत्मसंयम ।

self-mortification n. आत्मनिग्रह, आत्मसाधना, इन्द्रियदमन, तप, तपस्या, अभ्यास, आपा मारना ।

self-motile a. आत्मचर, स्वगतिशील ।

self-murder n. आत्मघात, आत्महिंसा, आत्मवध, आत्महत्या, खुदकशी ।

self-opinionated, -opinioned aa. स्वमताग्रही, स्वमताभिमानी, अपनी रायपर जमा हुआ ।

self-pity n. स्वसहानुभूति, आत्मसंवेदना, आत्मकरुणा, अपने प्रति दया ।

self-portraiture n. आत्मचित्रण ।

self-possessed a. स्वस्थचित्त, धैर्यवान्, धीर, शान्त, अविक्षुब्ध, स्थिरात्मा, अव्यग्र, जितमनस्क, आत्मवान्, धृतात्मा, मनस्वी, ठण्डे मिजाजका ।

self-possession n. आत्मनिष्ठा, स्वस्थचित्तता, आत्माधिकार, धैर्य, धीरता, धृति, धारज, शान्ति, स्थिरता, अव्यग्रता, आत्मवशता, काबू, जब्त ।

self-praise n. आत्मश्लाघा, आत्मस्तुति, अपनी प्रशंसा, अपना तारीफ (~ *is no recommendation*) ।

self-preservation n. आत्मपररक्षण, स्वरक्षण, स्वरक्षा, स्वत्राण, खुदकी देखभाल ।

self-pride n. स्वाभिमान, आत्मगौरव ।

self-protection n. आत्मरक्षा, स्वत्राण ।

self-realization n. आत्मानुभूति, आत्मज्ञान, आत्मबोध, स्वानुभूति; अपनी शक्तियोंका विकास ।

self-recording a. स्वाभिलेखी, स्वलेखी, स्वयं अंकित करनेवाला (~ *barometer*) ।

self-regarding a. आत्मनिष्ठ, आत्मसम्मानी, आत्मोपकारी, अपनी बातोंकी परवाह या लिहाज करनेवाला; आत्ममानी, अहम्मन्य, स्वाभिमानी, आत्मचिन्तारत, अपना ध्यान रखनेवाला (~ *sentiment*) ।

self-reliance n. आत्मनिर्भरता, आत्माश्रय, स्वावलम्बन, स्वाश्रय, अपनेपर भरोसा ।

self-reliant a. आत्मनिर्भर, आत्माश्रयी, स्वावलम्बी, स्वाश्रयी, अपनेपर भरोसा करनेवाला ।

self-renunciation n. आत्मपरित्याग, निस्स्वार्थता, निस्स्वार्थभाव, स्वार्थहीनता ।

self-repression n. आत्मदमन, आत्मनिरोध, इन्द्रियदमन, आत्मनिग्रह, मन मारना ।

self-reproach n. आत्मभर्त्सना, आत्मप्रताड़न, आत्मग्लानि, आत्म-निन्दा, स्वोपालम्भ, अपने ही दोष बताना ।

self-respect n. आत्ममान, आत्मसम्मान, स्वाभिमान, खुद्दारी ।

self-respecting, -respectful aa. आत्ममानी, आत्मसम्मानी, स्वाभिमानी, आत्ममर्यादाशील, आत्मसम्मानपूर्ण, समुचित आचरणशील ।

self-restrained a. आत्मनिरुद्ध, आत्मनियन्त्रित, आत्मसंयत, आत्मसंयमी, आत्मनिग्रही ।

self-restraint n. आत्मनिग्रह, आत्मसंयम, आत्मसंयमन, जब्त ।

self-revelation n. आत्मद्योतन, आत्मोद्घाटन, आत्मप्रकटीकरण ।

self-righteous a. साधुम्मन्य, धर्माभिमानी, अपनी ही विवेचनासे धार्मिक ।

self-righteousness n. साधुम्मन्यता, धर्माभिमान ।

self-righting a. अपने-आप सीधी होनेवाली (नाव), उलटनेपर आपही सीधी हो जानेवाली ।

self-sacrifice n. आत्मोत्सर्ग, आत्मत्याग, स्वार्थत्याग, कुरबानी; आत्मनिग्रह ।

selfsame a. अनन्य, अभिन्न, एक ही, ठीक वही ।

selfsameness n. अनन्यता, अभिन्नता, एकरूपता, तादात्म्य, एकात्मकता ।

self-satisfaction n. आत्मतुष्टि, आत्मसन्तोष, आत्मतृप्ति, अहम्मान, स्वाभिमान ।

self-satisfied a. आत्मतुष्ट, आत्मसन्तोषी, आत्मतृप्त, आत्माभिमानी, स्वाभिमानी, अहम्मानी ।

self-seeker n. आत्मपरायण व्यक्ति, स्वार्थी, स्वार्थपर ।

self-serving a. आत्मोपकारी (~ *statement*) ।

self-slaughter n. आत्मवध, आत्महत्या, खुदकशी ।

self-sown a. स्वयंजात, अपनेआप उत्पन्न, बिना बोये उगा हुआ (~ *seedlings*) ।

self-starter n. स्वतःचालक यन्त्र, चाल बटन, मोटरको अपने-आप चलानेवाला पुरजा ।

self-study n. स्वाध्याय ।

self-styled a. स्वकथितः मिथ्याचारी, अनधिकारनामधारी पाखण्डी, बना हुआ ।

self-sufficiency n. आत्मनिर्भरता, स्वावलम्बिता, स्वावलम्बन, अन्तःपर्याप्तता ।

self-sufficient, -sufficing aa. आत्मनिर्भर, स्वावलम्बी, स्वतन्त्र, आजाद ।

self-support n. आत्मपोषण, आत्मनिर्भरता, आत्मसाहाय्य, स्वावलम्बन, अपने पैरोंपर खड़ा होना, खुद कमाना ।

self-supporting a. आत्मपोषणशील, आत्मनिर्भर, आत्मसहायक, कमाऊ, अपने पैरोंपर खड़ा होनेवाला, खुद कमाने-खानेवाला ।

self-surrender n. आत्मसमर्पण, अपने हथियार

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

डालना, दूसरेके हवाले होना।

self-sustained a. आत्मपोषित, आत्मधारित, अपने-आपपर निर्भर; स्वावलम्बी।

self-sustaining a. आत्मनिर्भर, आत्मभरण-पोषण-शील, अपना भार स्वयं सँभालनेवाला।

self-taught a. स्वाध्यापित, आत्मशिक्षित, स्वतः शिक्षित, स्वतः शिक्षाप्राप्त।

self-tormenting a. आत्मपीड़क, अपने-आपको घोर यन्त्रणा देनेवाला या सतानेवाला।

self-torture n. आत्मयन्त्रणा, आत्मदमन, अपनेको घोर कष्ट या पीड़ा देना, सताना।

self-willed a. स्वैरी, स्वच्छन्द; स्वेच्छाचारी, हठी, जिद्दी, मनमाना।

self-winding a. अपने आप चाभी भर लेनेवाली या कूकनेवाली (घड़ी)।

self-wrought a. स्वयंकृत।

selictar n. असिधारी, तलवारधारी, तलवार लेकर चलनेवाला व्यक्ति।

sell १. n. (बोल०) आशाभंग, निराशा, निष्फलता(*what a ~ !*); २. v.t. & i. विक्रय करना, विक्रयण करना, बिक्री करना, बेचना, फरोख्त करना; बिकना, व्यवसायी होना, व्यवसाय करना, बिक्रीके हेतु भण्डार रखना, दुकानदार होना (*do you ~ candles ?*); (धनके लोभसे या किसी पुरस्कारके लिए) विश्वासघात करना, धोखा देना, द्रोह करना, गद्दारी करना (~ one's *country*); धन या किसी दूसरे विचारसे नीच कार्य करना, भ्रष्टाचार करना, पापकर्म करना, नीचतापूर्ण व्यवसाय करना, भ्रष्टाचारपूर्ण विक्रय करना (~ one's *honour* or *chastity*); (सामग्रीके सम्बन्धमें) ग्राहक पाना, ग्राहक लगना, खरीददार लगना (*will never ~*); (ग्रा०) प्रतिज्ञाभंग करके हताश करना, वचनको पूरा न करके निराश करना, धूल झोंकना, बुत्ता बताना, ठगी करना, धोखा देना, ठगना, झाँसा देना, ऐंठ लेना, वचनभंग करना; ~ one *a pup* धोखा देना, छलना, लूट लेना, ठगना; ~ one's *life dearly* (ला०) मारकर मरना, शत्रुओंको मारकर मरना या घायल होना; ~ *off* बचे हुए मालको कम दामोंपर बेच डालना, माल निकाल देना, घटाये हुए मूल्यपर मालकी निकासी करना, ऊने-पूने बेच डालना; ~ *out* (इति०) अपने कार्यभार या पदको बेचकर सैनिक पद छोड़ देना, सेनासे अलग हो जाना, हथियार छोड़ देना; सभी ऋणपत्र बेच डालना, अपने सभी या कुछ हिस्सोंको बेच देना, शेयरोंको) बेच डालना; ~ *up* (ऋणी या कर्जदारके मालको) बेच डालना या नीलाम कराना; *sold again !* फिर धोखा खाया, फिर ठगा गया (ठगे हुए व्यक्तिका विषादसूचक प्रयोग)।

sellable a. विक्रेय, विक्रयणीय, बिक्रीयोग्य, बेचने लायक।

sellanders n. = SALLENDERS.

seller n. विक्रेता, विक्रयी, विक्रयकर्त्ता, बेचनेवाला।

selliform a. पर्याणाकृति, पल्याणाकार, काठी-जैसा, जीन-सा।

selling a. विक्रय, विक्रयण, पणन, बेचना (~ *agent, price*); ~-race, ~-handicap बिक्री-घुड़दौड़, अन्तरवाली घुड़दौड़ (जिसमें सबसे बड़ी शर्त लगानेवाले-को घोड़ा बेच दिया जाता है);

~ agent, ~ commission, ~ cost, ~ expenses, ~ on-cost, ~ rate, ~ value.

seltzer n. (~ *water* भी; जर्मनीके *Seters* नामक स्थानसे प्राप्त ओषधिरूप) खनिजमिश्रित जल-विशेष; ऐसा ही बनावटी जल, सोडावाटर।

seltzogene n. सेल्जोजीन, (सोडावाटरमें मिलानेकी एक गैस)।

selvage, -edge n. वस्त्रप्रान्त, किनारा, कोर, पल्ला; तालेके किनारेकी पत्ती।

selvaged a. वस्त्रप्रान्तयुक्त, किनारेदार, कोरदार, पल्लेदार।

selvagee n. रस्सीके सूती धागोंका लच्छा।

selvedge n. दे० = SELVAGE.

selvedged a. वयित वसनप्रान्तयुक्त, बुने हुए किनारे या पल्लेवाला।

selves SELF का बहुव०।

semantic a. अर्थ-विषयक, शब्दार्थ-सम्बन्धी।

semantics n. pl. शब्दार्थिकी, शब्दार्थ-विज्ञान, शब्दार्थशास्त्र।

semaphore १. n. इंगक, संकेतयन्त्र, संकेत-बाहु, सूचना-यन्त्र, रेलवेका सिगनल (जिसमें लालटेनें रखी जाती हैं); दो झण्डियों या दो हाथोंके द्वारा सेनाके संकेत, फौजी सिगनल; २. v.t. & i. संकेतसे समाचार भेजना, झण्डी या हाथों या रेलवेके खम्भोंसे संकेत देना, सिगनल देना; ~ arm संकेत-बाहु।

semaphoric a. संकेतयन्त्र-सम्बन्धी, संकेत द्वारा समाचार भेजनेवाले यन्त्रसे सम्बन्धित, सिगनल-सम्बन्धी।

semasiological a. शब्दार्थिकीय, शब्दार्थिकी-विषयक, शब्दार्थशास्त्र-सम्बन्धी, शब्दार्थ वैज्ञानिक।

semasiology n. = SEMANTICS.

sematic a. सार्थ, अर्थ प्रकट करनेवाला; भय-सूचक, खतरेकी सूचना देनेवाला।

sematography n. (अक्षरोंकी जगह) चिह्न-प्रयोग।

semblable a. प्रतीयमान, दृश्यमान, बाह्यरूपयुक्त, दिखाई पड़ने योग्य; सदृश, सादृश्यपूर्ण, अनुरूपतायुक्त, तुल्य, समान, मिलता-जुलता, एकसा।

semblance n. रूप, स्वरूप, बाह्य रूप, आकार, आकृति, शक्ल (*put on a ~ of anger*); सादृश्य, आनुरूप्य, एकरूपता, औपम्य, तुल्यता, समानता; आभा, झलक, आभास।

semblant a. आपाततः प्रतीयमान, दृश्यमान, बाह्य; सदृश, अनुरूप, मिलता-जुलता।

semble v.t. एकत्र करना, इकट्ठा करना; मालूम पड़ना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

semeiography n. (वैद्य०) लक्षण-विज्ञान, लक्षण-शास्त्र, रोग-लक्षण-विद्या।

semeiological a. लक्षण-विज्ञान-विषयक, लक्षण-शास्त्र-विषयक, रोग-लक्षण-विद्या-सम्बन्धी, नाड़ी-विद्या-सम्बन्धी, रोग-लक्षण-विषयक।

semeiology n. लक्षण-विज्ञान, लक्षण-शास्त्र, रोग-लक्षण-विद्या, नाड़ी-विद्या।

semeiotic a. लक्षणीय, लक्षण-विषयक, रोग-लक्षण-सम्बन्धी।

semeiotics n. लक्षण-विज्ञान, लक्षण-शास्त्र, रोग-लक्षण-विद्या, नाड़ी-विद्या।

semen n. (नर पशुओंका) शुक्र, रेत, वीर्य, बीज, मनी, पानी, धात।

semester n. (जर्मन तथा अमरीकी विश्वविद्यालयोंमें) अर्द्धवार्षिक पाठ्यक्रम या सत्र; पर्व; आधा वर्ष ⊙।

semestral a. अर्द्धवार्षिक, षाण्मासिक।

semi-annual a. अर्धवार्षिक, छमाही, आधे सालका।

semi-arid a. अर्धशुष्क।

semi-autonomous a. अर्धस्वायत्त।

semi-axis n. अर्धाक्ष।

semi-barbarism n. अर्धसभ्यता, अर्धबर्बरता, आधा जंगलीपन।

semi-breve n. अर्ध स्वर, प्लुत स्वर, दीर्घतम स्वर।

semi-chorus n. अर्धसमवेत गायन-मण्डली, अर्ध-गायकवृन्द; अर्धसमवेत पद।

semi-circle n. अर्धवर्तुल, अर्धवृत्त, अर्धपरिधि, वृत्तार्ध, चक्रार्ध, अर्धमण्डल, आधा दायरा।

semi-circular १. a. अर्धवर्तुल, अर्धवृत्ताकार, अर्ध-गोल (~ *arch*); २. n. अर्धवृत्ताकार पदार्थ; कोणमापक यन्त्र, कोण नापनेका यन्त्र।

semi-colon n. अर्धविरामचिह्न (;)।

semi-conical a. अर्धशंकाकार।

semi-conjugate a. अर्धानुबद्ध, अर्धसंयुक्त।

semi-conscious a. अर्धचेतन, आधा होशमें।

semi-cylinder n. अर्धरम्भ, अर्धवेलन, आधा सिलिण्डर।

semi-demiquaver n. अर्धसंवेग, स्वरस्पन्दन, अर्ध-स्वरकम्पन, अर्धसंगीतस्वर।

semi-detached a. एक ही दीवारसे अलग (घर); केवल एक ही ओर दूसरे घरसे संयुक्त या मिला हुआ (घर)।

semi-diurnal a. अर्धदैनिक (~ *tide*)।

semi-final a. अपांत्य, अन्तिमसे ठीक पूर्वका (खेल या मैच), सेमी फाइनल।

semi-humid a. अर्धार्द्र, आधा सीला।

semi-lunar a. अर्द्धचन्द्र-, अर्द्धचन्द्राकार, आधे चाँद-सा (~ *valve*)।

seminal a. प्रजनन-विषयक, प्रजननीय, प्रजनन-सम्बन्धी, सन्तति-उत्पत्ति-सम्बन्धी, सन्तानोत्पादन-सम्बन्धी, वंशवृद्धि-सम्बन्धी; रैतस, वीर्य या बीज-सम्बन्धी, अंकुरीय, बैजिक (~ *funnel*); मौलिक, प्राथमिक, आदिम; ~ fluid शुक्र, वीर्य, रज, तेज, मनी, धात; ~ principles गर्भाधानके सिद्धान्त, गर्भधारणके नियम; *in the ~ state* प्राथमिक, प्रारम्भिक, मौलिक, आदिम; अविकसित।

seminality n. प्रजनन, प्रजननसिद्धान्त; बीजस्थिति, जीवस्थिति, बीजावस्था, बीजारोपण।

seminar n. कक्षावर्ग; विचारगोष्ठी, अध्ययनगोष्ठी, सेमिनार।

seminarist n. शिक्षार्थी, धर्मशिक्षणार्थी, विद्यार्थी।

seminary n. बीजारोपण-स्थल; पाठशाला, विद्यालय, विद्यामन्दिर, शिक्षणालय, शिक्षणस्थल, शिक्षास्थल, सेमिनरी; (रोमन कैथलिक धर्मसंघके) पादरीपदके लिए तैयार करनेका धर्मप्रशिक्षणालय, ट्रेनिंग स्कूल।

seminate v.t. वीर्य भरना; बीजारोपण करना, बोना, बीज डालना।

semination n. वीर्यदान; (वन०) वपनपद्धति, बीजारोपण क्रिया, बीज बोनेका ढंग, बुआईका तरीका; विस्तार।

seminiferous a. शुक्रवाहक, वीर्यधारी; बीजयुक्त, बीजधर।

seminific a. बीजी, बीजोत्पादी।

semi-normal a. अर्ध-ऋजु, अर्धप्रकृत।

semi-occasionally ⊙ adv. कभी एकाध बार।

semi-official a. अर्धशासकीय, अर्धसरकारी।

semiology n. = SEMEIOLOGY.

semi-parasite, -tic aa. अर्धपरजीवी।

semi-polar a. अर्धध्रुवीय।

semi-quaver n. (संगी०) अर्धसंवेगस्वरस्पन्दन, अर्ध-स्वरकम्पन, अर्धसंगीतस्वर।

semi-rigid a. अर्धनाम्य, अर्धकठोर।

Semitic a. (n. भी) सामवंशोत्पन्न, सामी, अरब-यहूदी, सैमाइट-सम्बन्धी; सामी-भाषा, सैमिटिक भाषा।

Semitism n. सामीवाद, सामीपन; भाषामें सामी प्रयोग; सामी जातिके प्रति पक्षपात।

Semitist n. सामी भाषासाहित्यका विद्वान्, सामीवादी।

Semitize v.t. सामी रूप देना, सामी बनाना, सैमिटिक या सैमाइट रंगमें रँगना।

semi-tone n. (संगीत, आदर्श यूरोपीय संगीतमें) लघु विराम, अर्धस्वर, अर्धतान, मध्यम सुर।

semi-transparent a. अर्द्धपारदर्शक, अर्द्धस्वच्छ।

semi-vowel n. अन्तस्थ, अर्द्धस्वर।

semmit n. बण्डी, बनियान।

semnopithecus n. (जीववि०) हनुमान प्रजाति, लांगूली बन्दर।

semolina, semola nn. भूसी, चोकर; दलिया, सूजी, रवा, धुली।

sempervirent a. सदाहरित, सदाबहार, नित हरा।

sempiternal a. (भाषण०) सतत, अनन्त, अन्तहीन, चिरन्तन, चिरस्थायी, शाश्वत, नित्य।

sempiternity n. सातत्य, अनन्त काल, शाश्वतता।

semplice adv. साधारणतया, सादगीसे।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

sempstress n. सीविका, दर्जिन ।

sen n. सेन, (जापानी पैसा) ।

senary a. षट्सख्यक, षडात्मक, षण्मय, छःके क्रमके आधारपर, छःका, छः-छः करके ।

senate n. (भाषण०) व्यवस्थापिका सभा, विधानसभा, धारासभा या उसके सदस्य या उसकी कार्यवाही; (अनेक देशोमें विधानसभाका अल्पसंख्यक) उच्चतर सदन, राजसभा, अनुषद्, अधिसभा, वृद्धसभा. बड़ी सभा, सीनेट; प्राचीन रोमन गणतन्त्र और साम्राज्यकी राज्य-परिषद्; (कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय तथा अन्य संस्थाओंकी) प्रबन्ध-समिति, प्रशासन-समिति; S~-house अनुषद् भवन, सभागृह, सीनेट भवन, सीनेट हाउस ।

senator n. आनुषद, सभासद, सीनेट सदस्य, सीनेटका मेम्बर; अधिसभ्य; सलाहकार ।

senatorial a. आनुषद या अनुषद् विषयक, राजसभा या समितिका, सचिव या सभा-सम्बन्धी, सीनेट सम्बन्धी, सीनेट-सदस्य-सम्बन्धी; आधिसभ्य ।

senatorship n. अधिसभ्यत्व, आनुषद्का पद, राज समिति या सभाके मेम्बरका कार्य, सीनेटकी सदस्यता ।

senatrix, -tress n. अधिसभ्या, सीनेट सदस्या ।

senatus n. (विशे० स्काटलैण्डमे) विश्वविद्यालय-व्यवस्थापिका सभा ।

send[1]* v.t. & i. प्रेषित करना, भेजना*, पहुँचाना, पठाना, विदा करना, रवाना करना (~ *message*); चालित करना, चलाना, दौड़ाना, आगे बढ़ाना, धकेलना, ठेलना; हिलाना, चालू करना (~ *bullet*); (विधाता, ईश्वर या दैवके सम्बन्धमें) घटित करना, घटित होने देना, ऐसा-ऐसा कराना, डालना, करवाना; (~ *rain*); दण्ड देना, सजा देना; प्रदान करना; पत्र या संवाद प्रेषित करना, समाचार, चिट्ठी या खबर भेजना, पत्र पठाना (~*t to warn me*); उन्मत्त या दीवाना कर देना, पागल या सनकी बना देना; पदच्युत या कार्यच्युत करना, बलपूर्वक कामसे हटाना, कार्यमुक्त करना, निकाल बाहर करना, नाम काट देना, खारिज करना (*sent him away*); ~-off विदा, विदाई; विदाईके समयका बन्धुभाव-प्रदर्शन; आरम्भ, (किसी पुस्तकका प्रशसात्मक) आमुख; ~ *down* विश्वविद्यालयसे दण्डरूपमें विद्यार्थीको निकाल देना, नाम निकाल देना, नाम काट देना; ~ *for him* आमन्त्रण भेजना, बुलावा भेजना, बुला भेजना, बुलाना; ~ *for the book* पुस्तक मँगाना, मँगा भेजना, आर्डर देना; ~ *in*. ~ *up* अपने नामसे किसी प्रदर्शनी आदिमें कोई वस्तु भेजना, प्रविष्ट करना; किसी प्रतियोगितामें अपना नाम लिखाना, अपना नाम भेजना; ~ *off letter, parcel* पत्र या पारसल प्रेषित करना, डाकमें भेजना, चलता करना; ~ *off* person विदा करना, विदाई देना, भेजना; किसीके प्रस्थानके समय उपस्थित रहना; ~ *word* सन्देश प्रेषित करना, सन्देश भेजना, समाचार देना ।

send[2], **sc-** १. n. किसी उतरती लहरका वेग, धक्का, झोंका, बहाव (~ *of the sea*); जहाजका डूबना, गोता, उलटाव; २. v.t. डूबना, गोता खाना, उलटना (इस लहरके उतारके कारण) ।

sendal n. मध्ययुगीन रेशमी वस्त्र (जो राजसी पोशाकों आदिके काम आता था), सेंडल ।

sender n. प्रेषक, भेजनेवाला, आगे बढ़ानेवाला; समाचार या संवाद भेजनेवाला; विदा करनेवाला ।

sending n. प्रेषण, भेजना; सम्प्रेषण, दूरप्रेषण; प्रेषित वस्तु ।

senecio n. पलितचूडा (पौधा) ।

senescence n. जरा; जीर्यमाणता, जरोन्मुखता, जरावस्था, वृद्धावस्था, वार्धक्य, वार्धक्यप्राप्ति, वृद्धत्व, वृद्धप्रायता, बुढ़ापा ।

senescent a. जीर्यमाण, जरोन्मुख, वार्धक्यप्राप्त, वृद्ध-प्राय, वर्धमान, बूढ़ा होता हुआ (~ *organ, stage*) ।

seneschal n. मध्ययुगीन सामन्तीय भवनका अध्यक्ष, कंचुकी, कर्मचारी, भृत्य, सरदार, कारिन्दा, मुसाहिब ।

seneschalship n. कंचुकीका पद, मुसाहिबी ।

senile a. वार्धक्य-सम्बन्धी, जराकालीन, वृद्धावस्थाका, बुढ़ापेका; वृद्धावस्थाकी दुर्बलताका सूचक, बुढ़ापेकी कमजोरीको प्रकट करनेवाला; जराजन्य, जरासूचक; जराग्रस्त, जराजनित (~ *decay*) ।

senilism n. जरालक्षण, अकालवृद्धता, अकालवार्धक्य, असमय बुढ़ापा; = SENILITY.

senility n. वृद्धत्व, वार्धक्य, वृद्धावस्था, जरा, बुढ़ापा ।

senior १. n. वयोवृद्ध, वृद्धजन, गुरुजन, ज्येष्ठ, अग्रज, जेठा; सदस्यता या सेवाके समयके विचारसे उच्च, प्रधान व्यक्ति, बड़ा आदमी (*is my* ~); श्रेष्ठ व्यक्ति, उच्च कोटिका मनुष्य; कैम्ब्रिज विश्वविद्यालयका सर्वप्रथम गणित स्नातक, प्राचीन ग्रीक और लैटिन साहित्यका सर्वप्रथम स्नातक; एक ही नामका दूसरा ज्येष्ठ व्यक्ति, दोमेंसे बड़ा (*John Smith sen.*); २. a. ज्येष्ठ, बड़ा (~ *grade, officer*); ज्यायस, वयोज्येष्ठ, कालज्येष्ठ, अधिकारज्येष्ठ, वरिष्ठ, अग्रज, वयोवृद्ध, अग्रवर्ती, प्रधान, श्रेष्ठ, प्रवर, उच्च, उपरि, कार्यके विचारसे बड़ा; उच्चतर या उच्चतम श्रेणीका, आयु या पदमें बड़ा, सयाना, जेठा, बड़े पद या दर्जेका (*the* ~ *service*); ~ classic प्राचीन ग्रीक तथा लैटिनकी परीक्षामें सर्वप्रथम स्नातक; ~ man विश्वविद्यालयका अग्रतम व्यक्ति; the ~ partner ज्येष्ठ भागी, किसी फर्मका प्रधान भागीदार, कोठी या साझेकी दुकानका सबसे बड़ा साझीदार;

~ auditor, ~ clerk, ~ grade, ~ group, ~ inspector, ~ members, ~ officer, ~ typist, ~ University, ~ wrangler.

seniority n. ज्येष्ठत्व, ज्येष्ठता, आधिकारज्येष्ठता, कार्यवरिष्ठता, प्रवरता, प्रथमता, वयोवृद्धता, बड़प्पन, बड़ाई, बुजुर्गी ।

senna n. एक प्रकारकी रेचक ओषधि, सनाय, सनायकी पत्तियाँ ।

sennachie n. (प्रा०) चारण, स्तुतिपाठक, स्तवन-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

पाठक, भाट ।

sennet n. (इति०) (शेक्सपियरके तथा अन्य नाटकोंके रंगमचीय निर्देशनमें) बिगुल या तुरहीका संकेत ।

sennight n. (प्रा०) सप्तरात्र, सप्ताह, हफ्ता ।

sennit n. (नौवि०) तीनसे लेकर नौ बल तकका गोल या चपटा रस्सा, बल, ऐंठन ।

senocular a. षडक्षि, षण्णयन, छः आँखोंवाला ।

senor n. (स्पेनी) महाशय, महोदय, श्रीमान्; श्रीमन्, जी ।

senora n. स्पेनी महिला; (स्पेनी भाषामें) महाशया, महोदया, श्रीमती ।

senorita n. स्पेनी बाला, स्पेनी कुमारी; (स्पेनी भाषामें) कुमारी, मिस ।

sensation n. संवेदना, मनोवेग, मनोविकार, उद्वेग, तीव्र अनुभूति, अनुभव, (*had ~ of giddiness*); स्फुरण, सम्भ्रम, मनोवेगोंका उद्वेलन या उनमें विशेष अभिरुचि, तीव्र सामान्य मनोभाव या अभिरुचिकी अभिव्यक्ति, मनोभावका प्रदर्शन या प्रकटीकरण; विकार, विक्रिया, उत्तेजना, सनसनी, जोश, खलबली, हलचल (*what is the latest ~ ?*); संवेदनात्मक या उत्तेजनापूर्ण विषयोंका नाटकीय प्रयोग (*~ among the audience*); चैतन्य, चेतना, स्थितिबोध, संज्ञा, परिस्थिति-ज्ञान, इन्द्रियबोध, अन्तरनुभव, मनोज्ञान, प्रत्यक्ष ज्ञान, मनोवेग-बोध; शरीर-चेतना, शरीरज्ञान, इन्द्रियज्ञान, समझ, एहसास; *made a great ~* बहुत अधिक विचार किया गया, बहुत ही चर्चा हुई, हलचल मचा दी ।

sensational a. चेतना-विषयक, इन्द्रियबोध-सम्बन्धी, संवेदनात्मक; उत्तेजनाजनक, उत्तेजनावर्धक, औत्सुक्यवर्धक, क्षोभकारी, सनसनी फैलानेवाला, खलबली पैदा करनेवाला, सन्नाटेमें लानेवाला ।

sensationalism n. संवेदनावाद, संवेदनासिद्धान्त; (साहित्य या राजनीतिक आन्दोलनमें) संवेदनासिद्धान्तका प्रयोग ।

sensationalist n. संवेदनावादी, संवेदनासिद्धान्तका पोषक; (साहित्य या राजनीतिक आन्दोलनमें) उत्तेजना या संवेदनाके प्रयोगका हामी ।

sensationalize v.t. उत्तेजित करना, सनसनी पैदा करना, जोश दिलाना, खलबली मचाना, हलचल पैदा करना; अन्तरनुभव कराना, मनोज्ञान कराना, समझ.ना, एहसास कराना ।

sense* १. n. प्रज्ञा, विवेकबुद्धि, विवेकशीलता, सामान्य मनःस्थिति, स्वस्थचित्तता, अविक्षिप्तता, सहजबुद्धि, होश* (*have you taken leave of, are you out of, your ~s ?*); हृषीक, इन्द्रिय*, बोधेन्द्रिय, ज्ञानेन्द्रिय (*has quick ~s*); अनुभूति, संवेदनशीलता, इन्द्रियानुभवशीलता, इन्द्रियबोधक्षमता, इन्द्रियबोधशक्ति, अनुभव या बोध करनेका सामर्थ्य, प्रत्यक्ष ज्ञानकी योग्यता (*errors of ~*); चैतन्य, चेतना*, बोध, ज्ञान, संज्ञा, होश; संवेदन, संवेदना, अनुभव (*the ~ of pleasure*); सामान्य बोध, साधारण ज्ञान, उपयोगी निर्णयबुद्धि, व्यावहारिक निर्णयशीलता, व्यावहारिकता, व्यवहारोचित बुद्धिमत्ता, व्यावहारिक ज्ञान, समझदारी, मामूली जानकारी, अक्लमन्दी (*had not the ~ to do*); विवेकशीलता, विवेकबुद्धि, विवेकव्युत्पन्नमतित्व, सद्ज्ञान, ठीक समझ (*~ of locality*); मनुष्योंके सामान्य मनोभाव, भावुकता. भावना, विचार; तात्पर्य, अभिमत, आशय, मत, अभिप्राय, बोधगम्यता, अर्थ, भाव*, उद्देश्य, अभिप्रेत, अभीष्ट, मशा, मतलब, माने (*in what exact ~ we shall rise again is doubtful*); तत्त्व, सारांश, २. v.t. इन्द्रियबोधसे अनुभव करना, इन्द्रियों द्वारा अनुभव करना, अस्पष्ट रूपसे अवगत होना, समझना, मालूम करना, लगना; ठीक अर्थ लगाना; a man of ~ विचक्षण, बुद्धिमान्, व्यावहारिक मनुष्य, व्यवहार-कुशल व्यक्ति, चतुर, अक्लमन्द; muscular ~ मांसपेशीकी इन्द्रिय; ~-body ज्ञानेन्द्रियाँ, संवेदनशील अंग या इन्द्रिय; ~-cavity, ~-cell, सवेदकोष; ~organ ज्ञानेन्द्रिय; ~-perception इन्द्रियबोध, प्रत्यक्ष ज्ञान या अनुभव; the pleasures of ~ संवेदना-सुख, इन्द्रिय-सुख, इन्द्रियानुभव, विषयानन्द; sixth ~ अन्तःकरण; *does not make ~* दुरूह, क्लिष्ट, निरर्थक, अबोधगम्य, समझमें न आनेवाला; *frightened out of his ~s* संज्ञाहीन, चेतनाहीन, अचेतन, जड़, कर दिया; *he will soon come to his ~s* ज्ञानलाभ करेगा, सचेत होगा, होशमें आ जायगा, *in a ~* एक रूपसे, एक प्रकारसे, एक अर्थमें; *in* one's *~s* अविक्षिप्त, स्वस्थचित्त, ठीक होशमे; *take the ~ of meeting* प्रश्न आदि रखकर निश्चय करना, सभाकी राय जानना, सभाका मत समझना ।

senseful a. सद्विवेकयुक्त, बुद्धिपूर्ण, समझदार; अर्थपूर्ण, महत्त्वपूर्ण ।

senseless a. चेतनाहीन, अचेतन, अचेत, निर्बोध, संज्ञाहीन, इन्द्रियानुभवाक्षम, मूर्च्छित, निःसंज्ञ, गत-चेतन, विगत-चेतन, सुन्न, बेहोश; बुद्धिहीन, मतिहीन, निर्बुद्धि, अबोध, मूढ, मूर्ख, अनात्मज्ञ, नासमझ, बेम्मझ, नादान, गावदी, बेवकूफ, बावला, खरदिमाग; असम्बद्ध, असंगत, निरर्थक, अर्थशून्य, बेमतलब, लचर, बेहूदा; *Knock ~* हक्काबक्का कर देना ।

senselessness n. अचैतन्य, चेतनाहीनता, अचेतावस्था, संज्ञाहीनता, बेहोशी, बदहवासी; बुद्धिहीनता, मतिहीनता, ज्ञानशून्यता, मूढ़ता, मूर्खता, अबोधता, नासमझी, बेवकूफी; असम्बद्धता, असंगतता, असंगति, निरर्थकता, अर्थशून्यता, लचरपन, बेहूदापन ।

sensibility n. इन्द्रियग्राह्यता, इन्द्रियगम्यता, ग्रहणसामर्थ्य, ग्रहणशक्ति, अनुभवकी क्षमता या योग्यता, गोचरता, संज्ञा, चैतन्य, चेतना, एहसास (*skin lost its ~*); भावात्मक प्रभावोंके प्रति विशेष मुक्तचित्तता, मुक्तता, स्पष्टता, निर्बन्धता, बन्धनहीनता, खुलापन (*sense and ~*); संवेद्यता, संवेदनशीलता, अनुभूतिशीलता; भावनाकी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS१२९८

सूक्ष्मता, भाव-कोमलता या मृदुता, अनुभूतिकी सूक्ष्मता, नाजुकदिमागी; अतिशयसूक्ष्मबोध, ज्ञान, सज्ञानता, ज्ञानवत्ता, सूक्ष्मचैतन्य; व्यवहारकुशलता।

sensible a. सवेदनशील, सचेतन, संज्ञावान्, चेतनावान्: प्रभावग्रहणशील, विकारशील; अनुभूतिसम्पन्न, वेदनक्षम, अनुभव ग्रहण करने योग्य; श्लाघनीय, प्रशसनीय, तारीफके लायक, काफी (*a ~ difference, increase*); (प्रा०) संवेद्य, गोचर, प्रत्यक्ष, लक्ष्य, इन्द्रियग्राह्य, इन्द्रियगम्य, इन्द्रियग्राह्य (*~ things*); युक्तिसगत, युक्तियुक्त, तर्कसंगत, सगत; विचक्षण, सुधी, संयत, सन्तुलित, व्यावहारिक, व्यवहार-कुशल, सुबुद्ध, सुबुद्धि, सद्बुद्धि, बुद्धिमान्, सज्ञान, ज्ञानवान्; धीसम्पन्न, मनस्वी, विवेकी, समझदार (*a ~ man*)।

sensibleness n. संवेदनशीलता, चेतनशीलता; बोध, ज्ञान, जागरूकता, सावधानी; गोचरता, इन्द्रियग्राह्यता; अनुभवशीलता; प्रशंसनीयता; विचक्षणता, व्यवहार-कुशलता, विवेकशीलता, बुद्धिमत्ता, समझदारी, होशियारी, अक्लमन्दी; संगति, युक्तियुक्तता।

sensigenous a. संवेदक, उद्वेजक, मनोवेजक, स्फुरक, उत्तेजनावर्धक।

sensile a. = SENTIENT.

sensilla n. (जीववि०) इन्द्रिय।

sensism n. = SENSATIONALISM.

sensitive १. n. प्रभावोंको ग्रहण करनेवाला व्यक्ति; २. a. संवेदी, संवेदनशील, सचेत, सचेतन, चेतनाशील, अनुभवशील, अनुभवग्राही, सुग्राही, सूक्ष्मग्राही, संक्षोभ्य, आशुक्षुब्ध, सहजप्रभावग्राही, सहजाभिभूत, विकारशील, प्रभावग्रहणशील, हृष, अनुभवशक्तिविशिष्ट, अनुभूतिशील, सहृदय, कोमलहृदय, बाह्य प्रभावोंसे शीघ्र ही प्रभावित होनेवाला; भावुक, नाजुक, नाजुकमिजाज, छुई-मुई; (क०) संवेदन-विषयक, स्फुरणका, इन्द्रिय-सम्बन्धी, मस्तिष्क-सम्बन्धी; (रसा०) संग्राहक, सुग्राही (*~ matter*); ~ crop असहिष्णु सस्य, नाजुक फसल; ~ paper (फोटो०) हृषपत्र, प्रकाशके प्रभावको शीघ्र ही ग्रहण करनेवाला फोटोका पेपर; ~ plant लाजवन्तीका पौधा, छुई-मुई; ~ to frost तुहिन-भीरु।

sensitiveness n. भावुकता, संवेदनशीलता, अनुभूतिशीलता, संक्षोभ्यता, विकारशीलता, असहिष्णुता, प्रभावग्राहकता, सुग्राहिता, सूक्ष्मचैतन्य, सहृदयता, नाजुकमिजाजी।

sensitivity n. (रसा०, फोटो०, शरीर०, मनोवि०) हृषत,सुग्राहित्व, संज्ञाग्रहणक्षमता, सुग्राहकता,सुग्राहीपन।

sensitization n. सवेदन-ग्रहण, प्रकाशप्रभावग्रहणशील बनानेका कार्य।

sensitize v.t. (फोटोके पेपरको या प्रकाशके प्रभावको) ग्रहण करनेवाला बनाना, सुग्राही बनाना, द्रुतग्राही बनाना, हर्षित करना।

sensitized a. हर्षित, संवेदनयुक्त, प्रकाश-, प्रभावासहिष्णु (*~ paper*)।

sensitometer n. हृषतामान, प्रकाशप्रभाव-मापक यन्त्र, फोटोके पेपरको प्रकाशप्रभावग्राहिता जाँचनेवाला यन्त्र।

sensitometry n. हृषतामिति, संवेदनामिति।

sensorial a. संवेदिकीय, संवेदनात्मक, संज्ञा-केन्द्र-विषयक, चेतनास्पद-सम्बन्धी, चेतनाशय-सम्बन्धी, मस्तिष्क-सम्बन्धी, ज्ञानेन्द्रिय-सम्बन्धी।

sensorium n. (pl. *-ia, -s*) संवेदित्र, संज्ञाकेन्द्र, संवेदन-विन्दु, चेतनास्पद, चेतनाशय, अन्तःकरण, मन, मस्तिष्क, ज्ञान-स्थान, ज्ञानेन्द्रिय, दिमाग: सुषुम्ना, मेरुनाड़ी, गोर्दनाली; (प्राणिवि०) स्नायुव्यवस्था, स्नायुसंस्थान, नाड़ीतन्त्र।

sensory, sensorial aa. संवेदक, संवेदी, संवेदनात्मक, संवेदना अथवा ज्ञानेन्द्रिय-सम्बन्धी, संज्ञा-सम्बन्धी, अनुभूति-विषयक, संज्ञाकेन्द्रीय, मस्तिष्क-सम्बन्धी;
~ cell, ~ hair, ~ nerve, ~ process, ~ tissue.

sensual a. (दर्शन०) प्रत्यक्षवादी, संवेदनवादी, प्रत्यक्षवाद या संवेदनावादके अनुसार या उससे सम्बन्धित; विषयानुराग या इन्द्रियासक्ति-विषयक, दैहिक, भौतिक, शारीरिक, इन्द्रियसुख-सम्बन्धी, वासनात्मक (*~ pleasures*); (क्वचित्) ऐन्द्रिय, इन्द्रिय-सम्बन्धी, आनुभूतिक, संज्ञाकेन्द्रीय, विषय-सम्बन्धी, संवेदना या संज्ञा-विषयक; इन्द्रियपरतन्त्र, इन्द्रियाधीन, इन्द्रियलोलुप, इन्द्रियवश, विषयासक्त, विषयी, विषयोपसेवी, विषयपरायण, विलासी, भोगी, भोगविलासी, कामुक, कामी, भोगासक्त, विलासप्रिय, भ्रष्टाचारी, व्यभिचारी, लम्पट, रसिया; स्वयंभोगी, स्वयंभक्षी, आत्मस्वार्थी।

sensualism n. इन्द्रियार्थवाद, इन्द्रियपरायणता, इन्द्रियसुखासक्ति, इन्द्रियासक्ति; भोग, विषय, दैहिकता, भौतिकता।

sensualist n. विषयी, विलासी, इन्द्रियभोगी, इन्द्रियासक्त अथवा भोगविलासी व्यक्ति; इन्द्रियार्थवादी, सुखभोगवादी।

sensualistic a. इन्द्रियपरायण, इन्द्रियपरक; इन्द्रिय-सुखासक्ति-सम्बन्धी, इन्द्रियासक्ति-सम्बन्धी, दैहिकता-सम्बन्धी, भौतिक, दैहिक।

sensuality n. कामासक्ति, भोगासक्ति, इन्द्रिय-परायणता, विषयरति, सुखोपभोग, विषयपरायणता, भोग-विलास, कामुकता, रंगरास, ऐयाशी; दैहिकता, शारीरिकता, भौतिकता; प्रत्यक्षवादिता।

sensualization n. इन्द्रियसेवीकरण, इन्द्रियानुरागीकरण, वासनायुक्त करना।

sensualize v.t. इन्द्रियसेवी करना, विषयासक्त बनाना, कामुक बनाना; दैहिक बनाना, भौतिक बनाना।

sensualness n. = SENSUALITY.

sensuism n. (दर्शन०) संवेदनावाद, संवेदनासिद्धान्त।

sensuous a. ऐन्द्रिक, ऐन्द्रिय, इन्द्रियगत, इन्द्रिय-विषयक, इन्द्रियजनित, इन्द्रियसम्पर्कजनित, ऐन्द्रीय, इन्द्रिय-सम्बन्धी, वैषयिक, इन्द्रियभोग्य-सम्बन्धी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

sensuousness n. ऐन्द्रिकता, ऐन्द्रीयता, इन्द्रिय-सम्बन्ध, वैषयिकता, विषयसुख।

sent[1] n. (प्रा०) = SCENT.

sent[2] SEND का भू० कृ०।

sentence १. n. (व्या०) वाक्य, वक्तव्य, वचन; अधीन उपवाक्य; (भाषण या कथनका) अल्पांश, लघु रूप; सूत्र, लोकोक्ति, नीतिवचन, सूक्ति, सूक्ष्म वचन, संक्षिप्त कथन, संक्षिप्त विचार, कहावत; (प्रा०, किसी निष्कर्षके सम्बन्धमें) सम्मति, निर्णय, निश्चय, विचार, राय (*my ~ is for war*); सन्निर्णय, अन्तिम निर्णय, जूरीका फैसला (क०); आधर्षण, दण्ड, दण्डादेश, दण्डाज्ञा, सजा, सजाका हुक्म; २. v.t. निर्णय देना, फैसला सुनाना; दण्डादेश देना, दण्डाज्ञाकी घोषणा करना, सजा देना, सजाका हुक्म सुनाना; complex ~ मिश्रित वाक्य; compound ~ संयुक्त वाक्य; ~ of death मृत्यु-दण्ड, प्राणदण्ड; ~ of transportation निर्वासन दण्डादेश; simple ~ साधारण वाक्य।

sentenced a. आधृष्ट, दण्डित, आदिष्टदण्ड।

sentential a. (क०) वाक्यघटित, वाक्य-सम्बन्धी, कथनका।

sententious a. सूत्रप्राय, सूत्रमय, सूक्तिमय, लाघव-युक्त, लाघवगुणोपेत, लघुवाक्यमय, न्यायप्रचुर, नीति कथापूर्ण, संक्षिप्त प्रभावपूर्ण शैलीसे युक्त; सारगर्भ, अर्थ-गर्भित, अर्थपूर्ण; सूत्रबद्ध, औपचारिक, शब्दाडम्बरपूर्ण; मिथ्यावादी, मिथ्याधर्मोपदेशक, आडम्बरप्रिय, आडम्बरपूर्ण नैतिक चर्चाका प्रेमी, पाखण्डी।

sententiousness n. सूत्रमयता, सूत्रबद्धता, सूक्ति-मयता, संक्षिप्तता, अर्थपूर्णता, सारगर्भत्व, लघुवाक्य-प्रयोग।

sentience n. इन्द्रियवेदन, संवेदनशीलता, अनुभूति-वैशिष्ट्य, चैतन्य, चेतना, बोधक्षमता, संज्ञासम्पन्नता, चिक्कत्ति, इन्द्रियानुभूति।

sentiency n. = SENTIENCE.

sentient a. संवेदनाशील, संवेदनायुक्त, अनुभूतिविशिष्ट, चैतन्य-विशिष्ट, चेतनावान्, सचेत, सजीव, संज्ञासम्पन्न, सचेतन, सम्बुद्ध, बोधक्षम, ज्ञानशक्तिसम्पन्न।

sentiment n. मनोभाव, मनोविकार, मनोवृत्ति, भावना, भावानुभूति, भाववृत्ति, स्थायीभाव, स्थिरभाव, भावनाएँ, भावात्मक विचार, भावात्मक दृष्टिकोण, भावसमष्टि, भावावेश, भाव, ख्याल (*the ~ of pity*); (कला) संवेदना, रसानुभूति, भावरस, सहानुभूति, मूलभाव; कल्पना, भावना (*the ~ is good though the words are injudicious*); अभिप्राय, आशय, अर्थ; भावुकता, मानसिक दुर्बलता, हीन मृदुता, घृणास्पद कोमलता या सुकुमारता; भावुकतापोषण, भाव-पोषण, भावपुष्टि; हीन सुकुमारताका प्रदर्शन, कोमलताका दिखावा; आवेगोत्पन्न चिन्ता, भाव मिश्रित चिन्ता।

sentimental a. भावुक, भावुकतामय, भावुकतापूर्ण, सुकुमार, कोमल, रसिक, मानसिक रूपसे दुर्बल, नाजुक-मिजाज; कृत्रिममृदुतायुक्त; भावुकतादर्शी, कोमलतायुक्त, सुकुमारतायुक्त, कोमलभावोत्तेजक; रसमय, सरस, रसात्मक।

sentimentalism n. भावुकतावाद, भावुकता, रसिकता।

sentimentalist n. भावुकतावादी, सुकुमारतावादी।

sentimentality n. भावुकता, भावविभोरता, भाव-पूर्णता, रसिकता, सुकुमारता।

sentimentalize v.t. & i. भावुक बनाना, भावा-त्मक बनाना, मार्मिक बनाना, भावुकता लाना, कोमल-कान्त बनाना।

sentinel १. n. रक्षक, रक्षापुरुष, प्रहरी, पहरेदार, पहरेवाला, पहरुआ, चौकीदार, सन्तरी; (~ *crab* के अर्थमें भी) लम्बी पलकोंवाला भारतीय महासागरका एक केकड़ा; २. v.t. (का०) रक्षा करना, पहरा देना, पहरा रखना, चौकीदारी करना; (क्व०) प्रहरी नियुक्त करना, पहरा बैठाना, पहरुआ रखना, चौकीदार लगना।

sentry n. (सेना० के सामान्य प्रयोगका शब्द) रक्षिभट, रक्षी, प्रहरी, पहरेदार, सन्तरी, सिपाही, चौकीदार; ~-board प्रहरीमंच, पहरुआ मचान, जहाजमें सन्तरीके खड़े होनेका तख्ता, पटिया या मंच; ~-box प्रहरी-कक्ष, प्रहरीका आश्रय-स्थल; ~-go प्रहरीके रूपमें ऊपर-नीचे घूमनेका कार्य, पहरा, गश्त, ड्यूटी; प्रहरी क्षेत्र, हलका।

senza prep. (के) बिना, बगैर।

sepad v.t. मानना, समझना।

sepal n. निदल, पुष्पकोषकी पत्ती, बाह्य दल, सेपल।

sepaline a. निदलीय, निदल-विषयक, सेपल-वाला, बाह्य दल-युक्त।

sepalody n. (पँखुड़ियोंका) निदलीभवन, निदली-करण, सेपलीभवन, सेपलीकरण।

sepaloid a. निदलाभ, निदलवत्, निदल-सदृश, सेपल-समान, बाह्यदल-जैसा।

separability n. पृथक्कार्यता, पृथक्करणीयता, भेद्यता, विच्छेद्यता, वियोज्यता, विभाज्यता, विश्लेषणीयता, व्यावर्त्यता, अलगाये जानेकी स्थिति।

separable a. पृथक्कार्य, पृथक्करणीय, भेद्य, विच्छेद्य, वियोज्य, विभाज्य, विश्लेषणीय, व्यावर्त्य, पृथक् होने वाला, अलग करने योग्य या होने योग्य, अलगाने योग्य (*~ accident*)।

separableness n. पृथक्करणीयता, भेद्यता, विच्छेद्यता, वियोज्यता, विभाज्यता, विश्लेषणीयता, विघटनीयता, अलगाने या अलग होनेकी स्थिति, अलगावकी शक्ति।

separate[1]* १. n. (पृथक् वितरणके लिए किसी सभाकी कार्यवाही, पत्रिका आदिसे लेकर पुनः मुद्रित की हुई) किसी एक लेखकी प्रतिलिपि, एक खण्डकी नकल, कापी; २. a. (आंगिक रूपसे) पृथक्कृत, भिन्न, पृथक्, विच्छिन्न, असम्बद्ध, विभक्त, न्यारा, अलग* (~ *property, scheme*); अन्य, और, दूसरा; स्वतन्त्र, व्यक्तिगत, निजी, अपना; ~ estate स्त्रीधन, विवाहित स्त्रीकी पृथक् भूसम्पत्ति (जब वह पतिके अधीन नहीं रहती है); ~ maintenance निर्वाहभत्ता, पृथग्भरण, पृथग्भृति

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS१३००

(जो पति अपनी पत्नीको देता है, जब कि वह उसकी सहमतिसे अलग रहती है);
~ account, ~ authority, ~ confinement, ~ effects, ~ holding, ~ property, ~ scheme, ~ use.

separate[2] v.t. & i. पृथक् करना, पृथक्करण करना, स्वतंत्र करना, विघटित करना, विच्छिन्न करना, वियुक्त करना, विभक्त करना, असंबद्ध करना, सम्पर्क तोड़ना, सम्बन्ध तोड़ना, भेद करना, अलग करना, अलगाना, काटना, फोड़ना, तोड़ना, अलहदा करना, जुदा करना; विभाजित करना, वियोजन करना, भाग करना; पृथक् होना, विभक्त होना, विभाजित होना, स्वतंत्र होना, सम्बन्धविच्छेद कर लेना, वियुक्त होना, अलग होना, बिछुड़ना, हटना; (मक्खन आदिको दूध आदिसे) मथकर निकालना, अलग करना; (कच्ची धातु, फल, दूध, अनाज, प्रकाश आदिको) पृथक् पृथक् करना, विभक्त करना, मथना, छाँटना, बिनना, चुनना, बाँटना; स्वतन्त्र पथ ग्रहण करना, भिन्न मार्गों पर चलना, विघटित होना, स्वतंत्र होना, अलग-अलग रास्तोंमें जाना, अलग-अलग होना, बिखर जाना।

separated a. भिन्न, पृथक्कृत, वियुक्त, विच्छिन्न, ~ milk सप्रेटा, मखनिया दूध।

separateness n. पार्थक्य, पृथक्त्व, पृथग्भाव, पृथक्ता, स्वतन्त्रता, भिन्नता, निर्जीपन, अलगपन, न्यारापन, अलगाव।

separating a. पृथक्कारी।

separation n. पृथक्करण, विघटन, विच्छेदन, खण्डन विभेदन, आदि क्रियागत अर्थोंमें; पार्थक्य, वियोग, विरह, विप्रयोग, व्यतिरेक, विच्छेद, वियोजन, विश्लेष, विभेद, सम्बन्धविच्छेद, विछोह, बिछुड़ना, बिलगाव, आंशिक तलाक (बिना विवाह-बन्धनको तोड़े हुए); judicial ~ न्यायालयीय सम्बन्ध-विच्छेद, अदालतकी आज्ञासे दम्पती-विच्छेद; ~ allowance सम्बन्धविच्छेद भत्ता, विच्छेद-भत्ता; ~ disc वियोजी बिम्ब।

separationist n. विघटनवादी, धार्मिक या राजनीतिक विच्छेदका समर्थक।

separatism n. पृथक्तावाद, विभक्तावाद, स्वतन्त्रतावाद, न्यारापन (धर्म और राजनीतिमें)।

separatist n. पृथक्तावादी, विभक्तावादी, स्वतंत्रतावादी, भिन्नमतावलम्बी, न्यारा-न्यारा रहनेवाला।

separative a. पृथक्कारी, विच्छेदक, विश्लेषक, विघटनकारी, वियोजक, बाँटनेवाला, अलगानेवाला, बिछुडानेवाला, जुदा करनेवाला।

separator n. परदा; पृथक्कारक, मक्खन निकालनेकी मशीन, छँटाईकी मशीन।

separatory a. (क्रि०) पृथक्कारी, भेदनकारी, विश्लेषक, विघटनकारी, विभाजक, भागोंमें बाँटने या छाँटनेवाला, अलगानेवाला।

separatrix n. पृथक्करण-चिह्न, सीमा-चिह्न, विभाजन-चिह्न, अलग करनेका निशान।

Sephardi n. (pl. *-im*) स्पेनी या पुर्तगाली यहूदी।

sepia n. मसीमीन; सामुद्रिक मसिक्षेपी मत्स्य; मीनमसी, मछलीका काला तरल उच्छिष्ट; काला लाली लिये हुए भूरा रंग; चित्रकार या रंगसाजका भूरा रंग; (~-*drawing* के अर्थमें भी) भूरे रंगकी चित्रकारी; warm ~ लालीके साथ भूरे रंगका मिश्रण।

sepiment n. टट्टी, घेरा, झाड़ियोंकी आड़।

sepoy n. (यूरोपीय ढंगसे अनुशासित देशी भारतीय) सैनिक, सिपाही; ~ mutiny (Indian ~) सैनिक क्रान्ति, भारतीय सिपाहियोंका विद्रोह, सिपाही विद्रोह, सिपाही गदर।

seps n. सर्पगोधा।

sepsis n. रोगाणुता, रुधिरदूषण, रक्तदोष, खूनकी खराबी; क्षतदूषण, क्षतदुर्गन्धता, गलन, सड़न; पूया।

sept n. वंश, उपजाति, परिवार, घराना, खानदान।

septa दे० SEPTUM.

septal a. (श० र० शा०) विभाजक, प्राचीर-विषयक, कलाप्राचीर-सम्बन्धी, पटल-सम्बन्धी, पटीका, खानेदार (~ *outgrouth*)।

septan a. सप्ताही, हर सातवें दिनपर आनेवाला (ज्वर या बुखार)।

septangle n. सप्तकोण, सप्तकोण-क्षेत्र।

septangular a. सप्तकोण-, सप्तकोणीय, सप्तकोणयुक्त, सप्तास्र, सतकोनिया।

septate a. विभाजित, विभक्त, उपविभक्त, खण्डोंमें विघटित।

septation n. विभाजन, विखण्डन।

September n. नवम मास, वर्षका नवाँ माह, सितम्बर।

Septembrist n. (सितम्बर १७९२ में पेरिसका) नर-संहारकर्ता, जनसंहारी दल, विद्रोही, हत्यारा।

septempartite a. सप्तधा, सप्तभागी, सात भागोंमें विभक्त।

septemvir n. सप्तशासन, सात व्यक्तियोंकी सरकार।

septemvirate n. सप्तशासकपद, सप्तशासक-कार्यालय।

septenary n. & a. सप्तक, सप्तसमूह, सप्तवर्ग, सप्तमण्डल, सत्ता; सप्तसंख्यक, सप्तशः, सप्ताश्रयी, सप्ताधारी, सप्तात्मक, सातके आधारपर, सात-सातका; सप्तवार्षिक, सप्तवर्षव्यापी।

septennate n. सप्तवर्षकाल, सप्तवर्षावधि, सात सालोंकी अवधि।

septennial a. सप्तवार्षिक, सप्तवर्षीय, सातसाला।

septennium n. = SEPTENNATE.

Septentrion n. सप्तर्षि; उदीचि, उत्तर लोक।

septentrional a. औदीच्य, उत्तरी. उत्तर दिशाका।

septet(te) n. सात गायकों अथवा वादकोंके समूहके हेतु कृति या रचना।

septic १. n. रक्तदूषक पदार्थ, गलानेवाला या सड़ानेवाला पदार्थ; २. a. रक्तदूषण-सम्बन्धी, गलनशील, रक्तविषाक्तकारी, पौतिक, पूयिक, दुर्गन्धयुक्त, विगलनकारी, गलन या सड़न-वाला, सड़नेवाला, सड़न पैदा करने-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

वाला, सड़ा हुआ, जहरखूनी; ~ tank मलाशय, पूति-कुण्ड, सड़ानेका हौद (जिसमें जीवाणु क्रियासे मलको अलगाया जाता है);

~ gangrene, ~ infection, ~ operation theatre, ~ room, ~ sewage, ~ sore throat, ~ tonsils, ~ ulcer, ~ ward.

septicaemia n. (निदान०) रोगाणुरक्तता, रक्तदोष, रुधिरदूषण, रक्तविषाक्तता, रक्तपूतिता, खूनमें पीप होना, जहरवाद।

septicaemic a. रोगाणुरक्तता-सम्बन्धी, रक्तदोष-विषयक, रक्तविषाक्त।

septicity n. रक्तदूषण, गलनशीलता, विगलनकारिता, पूयिकता, दुर्गन्धमयता, जहरखून, जहरवाद।

septifarious a. सप्तदिगुन्मुख, सात ओर मुड़ा हुआ।

septiform a. सप्तरूप, सप्तविभागयुक्त; प्राचीरवत्, कलाप्राचीर-सदृश, पटल-सदृश, पट्टी जैसा, खाने-जैसा।

septilateral a. सप्तभुज, सप्तपार्श्व।

septillion n. एक करोड़ गुणे एक करोड़ छः बार, १ के साथ ४२ शून्यकी संख्या।

septimal a. सातका।

septime n. पटावाजीमें सातवाँ दाँव।

septimus a. सप्तम, सातवाँ।

septinsular a. सप्तद्वीपीय, सात टापुओंवाला।

septuagenarian n. & a. ६९ और ८० के बीचकी आयुका (मनुष्य)।

septuagenary a. सप्ततिघटित, सप्ततिवर्षीय, सत्तर वर्षकी आयुका, सत्तरसाला।

Septuagesima n. (~ *Sunday* भी) ईसाइयोंके लेण्ट (*Lent*) त्योहारके पहिलेका तीसरा रविवार।

septuagint n. बाइबिलके पुराने टेस्टामेण्टका ग्रीक रूपान्तर, यूनानी उल्था।

septum n. (pl. *-ta*) पोस्ताके फलका विभाजन; प्राचीर, कलाप्राचीर, पटल, पर्दा, खाना; नासिकाके बीचका पर्दा।

septuor n. = SEPTETTE.

septuple a. सप्तगुण, सातगुना।

sepulchral a. समाधि-सम्बन्धी, प्रेतवासीय, श्मशान-सम्बन्धी (~ *mound*); प्रेतक्रियासमुचित, शोकसूचक, शोकावह; समाधिका द्योतक; विषादपूर्ण, विषादमय, खिन्न, उदास; भयंकर, भयानक, भयावना, डरावना (*a ~ look*); अन्धकारमय, अँधेरा, धुँधला।

sepulchre १. n. श्मशान, शवस्थान, समाधि, कब्र; शवाधान, शवसमाधि-गुहा, मुर्दा गाड़नेका तलघर या गुफा; २. v.t. समाधिस्थ करना, कब्रमें रखना; समाधिका काम देना, कब्रके काम आना; the Holy S~ पवित्र समाधि (जिसमें ईसाको गाड़ा गया था); whited ~ कपटी, छली, दम्भी व्यक्ति, मक्कार, फरेबी आदमी।

sepulture १. n. = SEPULCHRE; समाधिक्रिया, प्रेतकर्म, समाधिस्थकरण; २. v.t. जमीनमें गाड़ना, दफन करना, कब्रमें रखना, दफनाना।

sequacious a. अनुगामी, पिछलग्गू; नम्य, लचकदार; संगत, सम्बद्ध।

sequaciousness n. अनुगामिता, पिछलग्गूपन; लचक।

sequacity n. = SEQUACIOUSNESS.

sequel n. समाप्ति, अन्तिम रूप, अन्त परिणाम, उत्तर, फल, बादका प्रभाव, नतीजा, आखिरी सिलसिला; परिशिष्ट, उत्तरार्ध, उत्तरभाग, शेष, शेषभाग, पिछला भाग; (क०) तर्कगत निर्णय, तर्कशृंखलाका निष्कर्ष, तर्कफल, निष्पत्ति; *in the ~* अन्तमें, बादमें।

sequela n. (औषध०) अनुप्रभाव, उत्तर कार्य।

sequence n. क्रम, अनुक्रम, आनुपूर्व्य, अनुवर्तन, पश्चाद्वर्त्तिता, श्रेणी, शृंखलामाला, शृंखला, सिलसिला, ताँता, तरतीब (*a ~ of clubs*); (चलचित्र) (किसी खेलके किसी दृश्यके अनुरूप ली गयी) किसी चित्रपटकी कहानीकी घटना; (संगीत, भिन्न आलापोंके) समान सुरीले पदसमूहोंका क्रम; परम्परा; (ईसा०) *Alleluia* के उपरान्त गायी या कही जानेवाली ईसाई प्रार्थना या भजन; ~ of events घटनाक्रम; ~ of tenses (व्या०) कालक्रम, कालनियम।

sequent a. आनुक्रमिक, क्रमागत, क्रमिक, अनुवर्ती, पश्चद्वर्ती, परवर्ती, शृंखलाबद्ध, परम्परागत, सिलसिलेवार, सगतिमें आनेवाला।

sequential a. क्रमसम्बन्धी, आनुक्रमिक, अनुवर्ती, परिणामी, परम्परा-सम्बन्धी, ताँतेका।

sequentiality n. क्रमिकता, आनुक्रमिकता, क्रमागतता, अनुवर्तिता, परवर्तिता, पश्चाद्वर्त्तिता, परम्परा, शृंखला, संगति, सिलसिलेवारी।

sequester v.t. & i. वियुक्त करना, विलग करना, पृथक् करना, स्वतंत्र करना, एकांतमें करना, दूर करना, अलग रखना, संसारसे हटा लेना, समाजसे परे कर देना (~ *oneself from the world*); (कानून) (ऋणी या कर्जदारकी सम्पत्तिपर) अस्थायी आधिपत्य जमा लेना, अस्थायी रूपसे कब्जा करना; (विवादास्पद सम्पत्तिको) न्यायालयके अधीन करना, वादी प्रतिवादीसे लेकर कानूनी अभियोगके अन्तर्गत करना; (v.i.) (विधवाका) अपने पतिकी सम्पत्तिमेंका भाग त्याग देना पतिकी जायदाद छोड़ना; (SEQUESTRATE भी) सविनियोग करना, समाहरण करना, अधिकार करना, कब्जा करना, हड़प लेना, जब्त करना।

sequestered a. वियुक्त, विलग, पृथक्कृत, एकान्त, दूरीकृत, अलग किया हुआ, अलग-अलग हटाया गया (~ *cottage, life*)।

sequestrable a. वियुज्य, पृथक्करणीय, एकान्तमें हटाने योग्य; न्यायालयके अधीन करने योग्य, अस्थायी रूपसे आधिपत्य करने योग्य; सविनियोज्य, समाहरणीय, जब्त करने लायक।

sequestrate v.t. & i. दे० SEQUESTER.

sequestration n. वियोजन, अपहरण, पृथक्करण, अलगाव; ऋणीकी सम्पत्तिपर अस्थायी आधिपत्य, कब्जा, जब्ती; (विधवा द्वारा) पतिकी सम्पत्तिका त्याग।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS१३०२

sequestrator n. पृथक्कारक, पृथक्कर्ता, सम्बन्ध तोड़नेवाला, अलग करनेवाला; समहरणकर्त्ता, आधिपत्यकर्त्ता, अधिकर्त्ता, कब्जा करनेवाला।

sequin n. चाँदीकी मोहर-जैसा गहना; (इति०) वेनिसकी स्वर्णमुद्रा (लगभग आधा पौंड)।

sequoia n. भीमवृक्षप्रजाति, कैलीफोर्नियाका देवदारकी जातिका बहुत ऊँचा पेड़।

serac n. प्रशूल, दुर्गके बुर्जके आकारका बर्फीला स्तम्भ।

seraglio n. (pl. *-s*) अन्तःपुर, अन्दरमहल, रनिवास, हरम; वासनालय; प्राचीरबद्ध प्रासाद, चहारदीवारीसे घिरा हुआ महल।

serai n. सराय।

serang n. (आँग्ल-भारतीय) लश्करकी टुकड़ीका देशी नायक, नाविकदलका देशी मुखिया, सरहंग।

serape n. शाल, दुशाला।

seraph n. (pl. *-im, -s*) दैवी पुरुष, दिव्य व्यक्ति; देवदूत, नौ (९) दूतोंमेंसे सर्वोच्च देवदूत, प्रथम श्रेणीका स्वर्गीय दूत, दिव्यदूत, फरिश्ता; Order of the S~im स्वीडनमें वीरताकी उपाधि।

seraphic a. स्वर्गीय, दैवीपुरुष-सम्बन्धी; सर्वोच्च श्रेणीके देवदूतका; पवित्र, निर्मल।

seraphine n. पुराना हारमोनियम, सराफीन बाजा।

seraskier n. सेरसकीर, (प्राचीन तुर्की प्रधान सेनापतिकी उपाधि)।

Serb n. सर्वी, सर्वियन, सर्विया-निवासी, सर्विया-वासी।

Serbocroatian n. सर्वोक्रोशी (यूगोस्लाविया की भाषा)।

sere, sear १. n. बन्दूकके कुत्तेकी रोक; २. a. म्लान, मुरझाया हुआ, शुष्क।

serein n. (निरभ्र आकाशसे) फुहार, झड़ी, झींसी।

serenade १. n. (प्रेमीके द्वारा प्रेमिकाके वातायनपर गाया हुआ) वेदनागीत, सान्ध्य गीत या बजायी हुई कोई तान; २. v.t. वेदनागीत गाना, सान्ध्य गीत गाना या कुछ अलापना।

serenader n. सन्ध्यागीत गानेवाला या तान छेड़नेवाला (गायक या प्रेमी)।

serenata n. लोकगीत, प्रेमगीत।

serendipity n. संयोग, आकस्मिक लाभ, आकस्मिक भेंट; चमत्कार, सिंहलद्वीपत्व।

serene १. n. आकाश, सागर आदिकी अविक्षुब्धता, शान्त विस्तार; २. v.t. (का०) (आकाशको) निरभ्र करना, (भौंह आदिको) स्थिर करना, शान्त करना, उतारना; ३. a. (सागर, मन आदि) अविक्षुब्ध, शान्त, निरुद्वेग, अचंचल, थमा हुआ; सौम्य, निरुद्विग्न, स्थिर, प्रशान्त, निराकुल, अविचलित, दृढ़, अडिग, पक्का (*a ~ temper*); स्वच्छ, निर्मल, शुद्ध, प्रसन्न; निरभ्र; *all ~* (ग्रा०) सब ठीक, सब अच्छा।

sereneness n. = SERENITY.

serenity n. अक्षोभ, स्थिरता, धैर्य, धीरता, अनुद्वेग, प्रशान्ति, शान्ति, प्रसन्नता, प्रसादभाव; निरभ्रता, स्वच्छता, निर्मलता।

serf n. अत्याचारग्रस्त मनुष्य, पीड़ित व्यक्ति; नौकर, चाकर, नीच, टहलुआ, कमीन; कृषिदास, क्रीतदास, भूसक्तदास, कृषकदास, खेतिहर श्रमिक, (मध्ययुगीन भूसामन्तका) असामी, अर्धदास, क्षेत्रदास, बेगारी गुलाम, कमिया।

serfage n. भूदासता, दासत्व, असामीपन, कमियापन।

serfdom n. अर्धदासता, कृषिदासत्व, कृषिदास-प्रथा, कमियाप्रथा, दास्य, गुलामी।

serfhood n. क्षेत्रदासत्व, कमियाकी अवस्था, बेगारीकी स्थिति।

serge n. पश्मी वस्त्रविशेष, एक प्रकारका चिमड़ा ऊनी कपड़ा, सर्ज; silk ~ रेशमी सर्ज।

sergeancy, -j- n. सारजण्ट-पद, हवालदारी।

sergeant, -j- n. उच्चश्रेणीका अधिवक्ता या वकील; (सेना०) सेनानी-विशेष, छोटे सैनिकोंके ऊपर अनायुक्त अधिकारी, सारजण्ट, हवालदार; परिचारी, परिचारक; Common S~ लन्दन नगरका अधिकारी; company ~-major कम्पनीका सर्वोच्च अनायुक्त अधिकारी; lance-~ सारजण्टके साथ कार्य करनेवाला नायक या सैनिक; S~-at-arms सशस्त्र परिचारक; ~-at-law न्यायालयीय परिचारक, पार्लियामेण्टरी सारजेण्ट; ~-fish धारीदार मछली (जिसमें सारजण्टकी वर्दी-जैसी धारियाँ होती हैं); ~-major *or* regimental ~-major परिचारी प्रवर, अनायुक्त वारण्ट-अधिकारी, सारजण्ट मेजर (जो सेनापतिके अज्जुतेन्तका सहायक होता है)।

sergeantcy n. = SERGEANCY.

sergeantship n. सारजण्टका पद।

sergette n. महीन सर्ज, दे० SERGE.

serial १. n. मालाप्रकाशन, क्रमशः मुद्रित प्रकाशन, पत्रिका (क्व०); धारावाहिक कहानी, सीरियल; २. a. मालाबद्ध, क्रमशः प्रकाशित, धारावाहिक, सिलसिलेवार (कहानी आदि); क्रमिक, आनुक्रमिक, क्रमबद्ध, क्रमसम्बद्ध, यथाक्रम, क्रमागत, क्रमानुसारी, सिलसिलेवार (*~ entry*); श्रेणीगत (*~ correlation*); कालावधिक, सावधिक, आवधिक, नियत समयपर प्रकाशित होनेवाला; ~ number क्रमांक, क्रमसख्या; ~ order अनुक्रम; ~ rights पुनर्मुद्रणाधिकार, धारावाहिक प्रकाशित कहानी आदिका कॉपी राइट।

serialist n. धारावाहिक कहानी लेखक, माला-लेखक, माला-प्रकाशक।

seriality n. क्रमिकता, आनुक्रमिकता, क्रमबद्धता, धारावाहिकता, सिलसिला।

serialize v.t. क्रमिक बनाना, क्रममें रखना, क्रमबद्ध करना, क्रममें लगाना, सिलसिलेमें करना।

serially adv. क्रमानुसार, क्रमपूर्वक, सिलसिलेवार; ~ numbered क्रमांकित।

seriate, -ated aa., **seriate** v.t. क्रमबद्ध, क्रमिक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

रूपमें (व्यवस्थित करना), श्रेणी या शृंखलामें (बाँधना), श्रेणीबद्ध (करना), धारावाहिक (करना), मालाबद्ध (करना), क्रममें (रखना), सिलसिलेवार (बैठाना)।

seriatim adv. क्रमबद्ध, मालाबद्ध, यथाक्रम, क्रमानुसार, क्रमशः, एक-एक करके, सिलसिलेवार (*consider, discuss,* ~)।

seriation n. क्रमिकता, क्रमबद्धता, क्रम-व्यवस्था, श्रेणीबद्धता, शृंखला।

Seric a. चीनी।

sericeous a. अंशुकीय, रेशमी।

seri(ci)culture n. कोशकीट-पालन, रेशमके कीड़ोंका पालन।

seri(ci)culturist n. कोशकीटपालक, रेशमी कीड़े पालनेवाला।

series n. (समान वस्तुओंका) क्रम, अनुक्रम, पारम्पर्य, परम्परा, प्रसमूह, श्रेणी, शृंखला, राजि, मालिका, माला, अवली, पंक्ति, परिपाटी, ताँता, कतार, सिलसिला, तार; (पुस्तक) किसी पत्रिकाकी अंकमाला, अंकावली, (एक ही विषयपर या एक ही लेखककी) लेखमाला, लेखक्रम; पुस्तकक्रम, पुस्तकशृंखला, पुस्तकमाला, ग्रन्थमाला; (भूगर्भ०, सामान्य विशेषताओंका) स्तरक्रम, पर्तोंका ताँता; (अंक०) पदक्रम, पदमाला (*arithmetical* ~); (जन्तुवि०) परस्पर-सम्बन्धित जातिक्रम, जातिमाला; (रसा०) सामान्य गुणोंकी तत्त्व-मालाया सामान्य मूलकों सहित यौगिक क्रम, यौगिक माला; (विद्यु०) बैटरीकुलक, बैटरी सेट; ~ *of stamps, coins* (भिन्न नामोंके किन्तु एक ही समयमें एक ही शासनमें प्रकाशित) टिकटों या सिक्कोंकी श्रेणी; *in* ~ व्यवस्थित क्रममें।

serif, ceriph n. टाइपके अक्षरकी नोक या शोशा (जो ऊपर और नीचे निकला रहता है, जैसे This, बिना नोकोंका This भी देखें)।

serin n. मध्ययूरोपका कुलिंग पक्षी।

serious* a. चिन्तनशील, चिन्ताशील, विचारवान्, विचारशील, ध्यानमग्न; गम्भीर*, प्रशान्त, स्थिर, धीर, संजीदा (*has a* ~ *look, air*); उत्सुक, उत्कण्ठित, व्यग्र, तत्पर; संयतचित्त, अविनोदी, गम्भीरस्वभाव; उत्तरदायी, दायित्वशील; विचारणीय, गहन, चिन्ताजनक, चिन्त्य, महत्त्वपूर्ण, आवश्यक, अनुपेक्ष्य, अनुपेक्षणीय, गुरु, भारी, अलघु, बड़ा (*this is a* ~ *matter*); खतरनाक, सख्त (~ *illness*); अकृत्रिम, अविनोदी, विनोदरहित, सरल, स्वाभाविक, यथार्थ, वास्तविक, सच्चा, निष्कपट, बिना हँसी या बनावटके (*and now to be* ~); नैतिक, नीति-विषयक, धार्मिक, धर्म-विषयक, धर्मसापेक्ष, अलौकिक, असांसारिक, गैरदुनियावी (~ *subjects*); (अब मुख्यतः हास्य०) मुमुक्षु, मुक्ति आकांक्षी, धार्मिक, धर्मधुरीण, धर्माचारी, धर्मशील; *are you* ~ *?* क्या आप गम्भीरतापूर्वक कहते हैं, वही आपका आशय है;

~ consequences, ~ danger, ~ defalcation, ~ difficulty, ~ disease, ~ error, ~ loss, ~ offence, ~ question, ~ responsibility, ~ thought, ~ wound.

seriousness n. चिन्तनशीलता, विचारशीलता, उत्सुकता, व्यग्रता, स्थिरता, उत्तरदायित्व, गम्भीरता, गाम्भीर्य, संजीदगी; विचारणीयता, महत्त्वपूर्णता, अनुपेक्षणीयता; धीरता, स्थिरता, गुरुता; अविनोद; सरलता, स्वाभाविकता, निष्कपटता, वास्तविकता, सचाई; धार्मिकता; (हास्य०) मुमुक्षा, मोक्षभाव।

seriph n. = SERIF.

serjeant n. = SERGEANT.

sermon १. n. प्रवचन, उपदेश, धर्मोपदेश, धर्म-व्याख्यान, धार्मिक वार्ता, नीतिशिक्षा, धर्मशिक्षाके रूपमें मंचसे दिया गया लिखित या मौखिक व्याख्यान; (नैसर्गिक वस्तुओं द्वारा प्रेरित) नैतिक विचार, नैतिक प्रेरणा, चारित्रिक सन्देश, शिक्षा, सीख, नसीहत (~*s in stones*); भर्त्सना, निन्दावचन, तिरस्कार, व्याख्यान, भाषण, लेक्चर; २. v.t. प्रवचन देना, उपदेश देना, धार्मिक व्याख्यान देना, शिक्षा देना; lay ~ सामान्य भाषण या व्याख्यान; S~ on the Mount ईसा-मसीहका प्रवचन-विशेष।

sermonet, sermonette nn. लघु प्रवचन, लघु उपदेश, छोटा धर्मोपदेश।

sermonic a. प्रवचनीय, उपदेश-विषयक, धर्मोपदेश-विषयक, धर्म-व्याख्यान-विषयक, नीति-शिक्षा-सम्बन्धी, नैतिक प्रेरणा-विषयक, चारित्रिक सन्देश-सम्बन्धी, सीख-भरा, नसीहतवाला।

sermonize v.t. & i. किसी विषय या बातको प्रवचन बना देना, धार्मिक उपदेशका रूप देना, शिक्षा देना, धर्मोपदेशकी-सी बात करना।

sermonizer n. प्रवचनकर्त्ता, व्याख्यानदाता, धर्मोपदेशक, धर्म-शिक्षक, नीतिशिक्षक; व्याख्यान लिखनेवाला।

serodiagnosis n. रक्तपूति-निदान, लसीचिकित्सा।

serological a. लसीय (~ *test, work*)।

serologist n. लसी वैज्ञानिक, रक्तोद विशेषज्ञ।

serology n. रक्तोदिकी, क्षीरिकी, लसीविज्ञान, रक्तोदक-विज्ञान, क्षीरिकाशास्त्र, पायसशास्त्र, पाकास-शास्त्र, अन्नरसशास्त्र, लसा-विद्या, लसीका-विद्या, सीरमविज्ञान।

seroon n. (सूखे फलों आदिका) परिवेष्ट, परिवेष्टन, गट्ठर, बण्डल, पैकेज।

seropurulent a. सरक्तोदक, क्षीरिकायुक्त, पायसमय, पाकासमय, अन्नरसमय, लसीयुक्त, लसाकायुक्त।

serosity n. रक्तोदकमयता, रक्तोदकता, खूनका पनीलापन; मेदस्विता, जलीयता, मेदुरता, पतलापन।

serous a. रक्तोदकीय, रक्तोदकवत्, जलीय, जलवत्, तरल, लसीय, लसीदार, मेदस्वी, मेदुर, खूनके पानीकी तरह, मट्ठे-जैसा, पनीला, पतला (~ *fluid, layer*)।

serpent n. पन्नग, भुजग, भुजंग, उरग, नाग, सरीसृप, सर्प, साँप, रेंगनेवाला कीड़ा (बड़ी जातिका); (ला०) क्रूर व्यक्ति, वंचक, विश्वासघाती मनुष्य, धोखेबाज या दगाबाज आदमी, चालबाज; एक प्रकारकी अप्राप्त बाँसुरी;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

Pharaoh's ~ आतिशबाजीका साँप; ~-charmer मदारी, सँपेरा, साँपवाला; ~-god, goddess गुग्गापीर, नागदेवता; ~-grass एक अल्पानी सर्प-घास; ~ lizard सर्पगोधा, एक छिपकली; ~ star भंगुर तारा, टूटनेवाला तारा; ~ stone सर्पमणि; चमकदार प्रस्तरीभूत शंख; ~'s-tongue नागफण, नागफनी; the, the old, S~ दैत्य, दानव, शैतान; the S~ उत्तरी तारकपुंज या उत्तरी नक्षत्र।

serpentiform a. सर्पाकारी, साँपके रूपका, साँपिया, साँप-सा।

serpentine १. n. (स्केटिंग) लहरियाँ (जो स्केटिंगके कारण बन जाती है); एक प्रकारका चुम्बकदार चकमक पत्थर, साँपके-से धब्बे वाला गहरे हरे रंग और रंगोंकी मुलायम चट्टानें (जो पच्चीकारीके काम आती है); २. v.t. कुटिलतासे चलना, साँपकी तरह बल खाते चलना, टेढ़े मेढ़े चलना; ३. a. सर्पिल, सर्पवत्, साँप-जैसा, साँपका-सा; वक्र, कुटिल, कुण्डलित, कुण्डली मारे, टेढ़ा-मेढ़ा, चक्करदार, घुमावदार, पेचीला, (शरीर०) ऐंठता हुआ; धूर्त, वंचक, चतुर, विश्वासघाती, चालाक, धोखेबाज, दगाबाज, होशियार, मक्कार; ~ dance सर्पिल नृत्य, सर्पकी गतिवाला नाच; ~ verse कुण्डलियाछन्द; ~ windings सर्पिल संकेत: वक्र या टेढ़ी मेढ़ी धारा, मोड़वाली सड़क आदि; ~ wisdom दूरदर्शिता, गम्भीर विद्वत्ता, गूढ़ पाण्डित्य।

serpentinize v.t. & i. सर्पिल बनाना, कुण्डलित करना, भाँजना, ऐंठना; सर्पिल होना, कुण्डलित होना, घुमावदार होना।

serpentinous a. सर्पिल, कुण्डलित, कुण्डलाकार, चक्करदार।

serpentise v.t. & i. कुण्डलित करना, लपेटना, भाँजना; कुण्डलित होना, लपटना, बटना।

serpentlike a. सर्पसदृश, सर्पका-सा।

serpentry n. (सामुदायिक) भुजंग, अहिवर्ग, सर्प, नाग, साँप।

serpiginous a. दद्रुमय, दद्रुयुक्त, दादवाला।

serpigo n. दद्रु, दाद।

serpula n. सर्पक, सँपोला।

serra n. (जीववि०, वन०) क्रकच, दाँता।

serrate १. a. आरावत्, क्रकचतुल्य, क्रकचित, दाँतेदार, दंदानेदार; २. v.t. आरावत् धार बनाना, दाँतेदार किनारा काढना।

serration n. क्रकचवत्ता, क्रकचतुल्यकरण, आरावत् बनाना, दाँतेदार किनारेकी रचना।

serratirostral a. क्रकचचंचु, आरी-जैसी चोंचवाला।

serrefile n. जमादार, सूबेदार।

serried a. अविरल, निबिड़, घना, लगातार, सटा हुआ, बिना दूरीकी (पेड़ोंकी कतार); जनाकीर्ण, संहत, जुड़ा हुआ, पास-पास, कन्धे-से-कन्धे मिली हुई (सैनिक पंक्ति)।

serriform a. क्रकचाकृति क्रकचाकार, क्रकचवत्, आरा-सदृश, आरी-जैसा।

serrulate, -ated aa. सूक्ष्मदशनमय, महीन दाँतेदार।

serrulation n. सूक्ष्मदशनमयता, महीन दाँतेदार होना।

serum n. (निदान०) रक्ताम्बु, रक्तोद, पशुका रक्तोदक (जो ओषधिके रूपमें प्रयुक्त होता है), सीरम; रक्तोदक, क्षीरिका, पायस, पाकरस, अन्नरस, रस, जलीय पशुद्रव, लसी, लसीका; मेदा, वसा, वपा; मट्ठा; ~ sickness रक्तोदक रोग, (कभी-कभी रक्तोदकके इंजेक्शनके कारण होनेवाला) चर्मविस्फोट, ज्वर आदि;

~ albumen, ~ bottle, ~ globulin, ~ ~ protein, ~ therapy.

serval n. (अफ्रीकी) चित्रक मार्जार, चीतू, बिल्ला।

servant* १. n. दास, क्रीतदास, किंकर, कर्मचारी, भृत्य, अनुचर, नौकर*, सेवक, चाकर, टहलुआ, खिदमतगार (*keeps three ~s*); परहिताकांक्षी, परोपकारी, परहितकारी, परसेवी; अनुयायी, भक्त, सेवक (*a ~ of Jesus Christ*); civil ~ जनसेवक, लोकसेवक, नागरिक सेवक; indoor ~ घरके भीतरके नौकर, नौकरानी, रसोइया, खानसामा आदि; outdoor ~ बाहरी नौकर, माली, सईस आदि; public ~s राजकर्मचारी, सरकारी अधिकारी, सरकारी अफसर; ~ of ~s सर्वाधीन, दासानुदास; the ~ question नौकरोंकी समस्या, नौकरोंको नियन्त्रित रखनेकी समस्या; *a good ~ but a bad master* साधनके रूपमें ठीक, साध्यके रूपमें नहीं।

servantry n. (वर्गके रूपमें) परिचारक, सेवक, नौकर-चाकर।

servantship n. परिचारकत्व, सेवकत्व, किंकरत्व, दासता; नौकरकी स्थिति।

shame[1]* n. व्रीडा, संकोच, लज्जा*, लाज, शर्म*, झिझक, झेंप, हया, गैरत (*flushed with ~*); संकोचशीलता, लज्जाशीलता, शर्मिन्दगी, शर्मकी बात (*cannot do it for very ~*); अपकीर्ति, मानभग, अप्रतिष्ठा, अपमान, निरादर, कलंक, निन्दा, धिक्कार, बेइज्जतीकी अवस्था या स्थिति, लानत (~ *on you !*); अपकीर्तिदाता, कलंककर्त्ता, अपमानकारी व्यक्ति या वस्तु, बदनामी करानेवाला आदमी (*is a ~ to his parents*); अपमानकी बात, बेइज्जतीकी बात (*is a sin and a ~*); *for ~!* शर्म करो ! शर्मकी बात है ! (प्रायः चेतावनी या फटकारके लिए प्रयुक्त); *put one to ~* लज्जित करना, मुँह फीका करना, पानी उतारना, झेंपाना, शर्मिन्दा करना; *think ~* लज्जित होना, झेंपना, शर्मिन्दा होना।

shame[2] v.t. & i. (किसी बड़ेको छोटेके गुणोंके द्वारा) लज्जित करना, नीचा दिखाना, शर्मिन्दा करना, झेंपमें डालना (*a dog's fidelity ~s us*); लज्जित करना, अपमानित करना, लजाना, संकोचमें डालना, शर्मकी बात होना, शरमिन्दा करना, झेंपाना; व्रीडान्वित होना, लज्जित होना, सकुचाना, लजाना, शरमाना, झेंपना; (प्रा०) निर्लज्ज होना, बेशरम होना (*he ~d not to say*); लज्जाके कारण डरना, शर्मके मारे निढाल होना, शर्मिन्दा होकर काँपना।

shamed a. लज्जाशील, लज्जालु, लज्जित, व्रीडित, शर्मिन्दा।

shamefaced a. लज्जालु, लज्जावान्, लज्जान्वित,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

लज्जित, लज्जाशील, लजीला, संकोची, शरमीला, झेंपू; (काव्य०, गुण, फूलों आदिके सम्बन्धमें) एकान्तिक, एकान्तप्रेमी, एकान्तप्रिय, लज्जालु, लज्जाशील, विनम्र, विनीत, नमनशील, विनयी।

shamefacedness n. लज्जाशीलता, लजीलापन, संकोचीपन, शरमीलापन, संकोच, झेंप; एकान्तप्रियता, विनम्रता, विनयशीलता।

shamefast a. लज्जालु, शर्मीला, झेंपू।

shameful a. लज्जापूर्ण, लज्जालु; लज्जास्पद, लज्जाकर, लज्जाप्रद, लज्जाजनक, गर्ह्य, अश्लील, अपकीर्तिकर, बुरा, खराब, शर्मनाक, शर्मके लायक।

shamefulness n. लज्जास्पदता, लज्जाप्रदता, लज्जापूर्णता, लज्जाकरता, लज्जा, अपकीर्ति, अपमान, खराबी, शर्मसारी।

shameless a. निर्लज्ज, लज्जारहित, लज्जाहीन, धृष्ट, त्यक्तलज्ज, ढीठ, बेशर्म, बेहया।

shamelessness n. निर्लज्जता, लज्जाहीनता, धृष्टता, ढीठपन, ढिठाई, बेशरमी, बेहयाई।

shamer n. लज्जित करनेवाला, शर्मिन्दा करनेवाला।

shammer n. वंचक, छली, छलिया, स्वाँग करनेवाला, प्रपंचकर्त्ता, पाखण्डी, धोखेबाज, बननेवाला, बहाना करनेवाला।

shamming n. बहानेबाजी।

shammoy v.t. (ग्रीस या तेलसे) चमड़ा पकाना, चमड़ा बनाना, चमड़ा तैयार करना।

shammy n. तैलपक्व चर्म, ग्रीससे पकाया चमड़ा।

shampoo १.n. संवाह, संवाहन: केशक्षाल, केशक्षालन, शिरमर्दन, सिरकी मालिश; २. v.t. केशक्षालन करना, (सिरके बालोंको) साबुनसे मलना, धोना और रगड़ना; (अब क्व०) (शरीर आदिको गर्म जलसे स्नान आदि करनेके बाद) मलना, मालिश करना, चप्पी करना; dry ~ छिलकेदार साबुन, बाल धोनेका पाउडर; साबुन या पाउडरसे सिर धोना या बाल साफ करना।

shampooer n. संवाहक, केशक्षालक।

shampooing n. संवाहन, अंगमर्दन; केशक्षालन।

shamrock n. हिमालयकी अम्ल लोणी, (आयरलैण्डके राष्ट्रीय चिह्नके रूपमें व्यवहृत) त्रिपत्र घास, श्वेत लौंग।

Shan n. शान जाति, (चीन, स्याम, आसाममें रहनेवाली) एक पहाड़ी जाति।

shandrydan n. दो पहियेवाली हलकी गाड़ी; पुरानी कमजोर सवारी गाड़ी।

shandy(gaff) n. बीअर और जिंजर-बीअरका मिलाजुला पेय।

shanghai v.t. (नौवि०, ग्रा०) किसीको कुछ पिला देना और जब अचेत हो तो जहाजपर बिठाकर मल्लाहकी तरह काम लेना, शांघाई करना।

shank १. n. जाँघ; जघास्थि, पिण्डलीकी हड्डी, टाँगकी नली; पिण्डुली, टाँग; मोजेकी टाँग; चिड़ियाके पंजेका खड़ा भाग; फूलकी डण्डी; जूतेके तल्लेका बीचका तंग हिस्सा; खम्भेका बीचका भाग, औजारके सिरे और मुठियाके बीचका हिस्सा; मछलीके काँटेका सीधा भाग; चाभी: प्रस्रुव-मध्य, चम्मच, लंगर आदिके बीचका भाग; २. v.t. & i. (गॉल्फ़) डण्डे या लाठीकी मोड़से गेंदपर चोट लगाना; S~s's mare अपनी निजी टाँगें, पैदल (घुड़सवारीकी तुलनामें); ~ *off* फूलोंका मुरझा जाना, मुरझाकर गिर जाना, झड़ जाना।

shanked a. पिण्डुलीवाला, टाँगदार।

shanny n. (यूरोपकी) शैनी मछली।

shantung n. एक प्रकारका मुलायम कच्चा रेशम।

shanty[1] n. कुटीर, कुटी, कुटिया, छोटा घर, झोंपड़ी, कोठरी।

shanty[2] n. समुद्री गान।

shapable a. रचनीय, सृष्टिकरणीय, निर्माणके योग्य; रूपाई, रूप ग्रहण करने योग्य; अनुकूल अथवा उपयुक्त बनाने योग्य, गढ़ने योग्य, ढालने लायक, योजनामें बिठाने योग्य; सूझका, कल्पनीय, कल्पनाका।

shape[1] n. आकृति, आकार, रचना, रूप, डीलडौल, बनावट, गठन, सूरत, शक्ल (*has the ~ of a boat*); बाह्याकृति, बाह्याकार, रंगरूप, रंगढंग, रूप, वेष, जामा, शक्ल (*monster in human ~*); प्रतिनिधिरूप, अवतार, प्रत्यक्ष प्रतिरूप, साक्षात् रूप, सच्चा आकार (*showed me politeness in the ~ of an invitation*); श्रेणी, प्रकार, जाति, भाँति, ढंग, तरह, किस्म (*made no overtures in any ~ or form*); आदर्श, नमूना, टोप आदि बनानेका साँचा; किसी साँचेमें तैयार फिरनी; (रूईकी) गद्दी (जिसे अभिनेता लोग पहिनते हैं); समुचित व्यवस्था, क्रमबद्ध व्यवस्था, समस्थित या निश्चित रूप (*get one's ideas into ~*); अव्यक्त पुरुष, अप्रकट व्यक्ति, कल्पित मनुष्य, प्रेत, छाया, भूत (*a grim mysterious ~ stalked towards me*); अवस्था, दशा ⊙; *to put in ~* ⊙ फिट करना, फिट बनाना, बैठाना।

shape[2] v.t. & i. निर्माण करना, निर्मित करना, घटन करना, गठन करना, गढ़ना; आकार देना, रूप प्रदान करना, सृष्टि करना, रचना करना, सूरत बनाना या पैदा करना; रूपण करना, इच्छित या निश्चित आकृति या रूप देना, इच्छापूर्वक गढ़ना, आदर्शानुरूप गठन करना, साँचेमें ढालना, बनाना; अनुकूल बनाना या होना, मुताबिक करना या होना, माफिक बनाना या होना; उपाय निकालना, योजना बनाना, रास्ता सोचना, तरकीब सोचना, मंसूबा बाँधना; आकृति ग्रहण करना, विशेष आकारमें विकसित होना, रूप धारण करना, रूप पाना, गढा जाना, आकार ग्रहण करना, खास शक्लमें बढ़ना; कल्पना करना, कल्पित करना, मस्तिष्कमें चित्र खींचना, मनमें गढ़ना. सूझना, खाका खींचना, दिमागमें नक्शा बनाना; नियमित करना, निरूपित करना, मार्गकी ओर लक्ष्य करना, (मार्ग आदिका) निर्देश करना, (ठीक रास्तेपर) लगाना; ~ one's *course* मार्ग निर्धारित करना, रास्ता चुन

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

लेना; ~*s well* होनहार है; ~ *up* ⊙ प्रस्तुत करना, तैयार करना, बना लेना।

shapeable a. =SHAPABLE.

shaped a. आकृतिपूर्ण, आकारगत, आकारयुक्त, साकार, सरूप, रूपयुक्त, रूप-रंगका, सूरतका, शक्लका (~ *like a pear*); बाह्याकारी, वेशपूर्ण; सुडौल, ढगका, भाँतिका, प्रकारका, तौरका, नमूनेका।

shapeless a. आकृतिविहीन, विरूप, अनाकार, नीरूप, निराकार, अमूर्त्त, कुरूप, अपरूप, कुगठित, बेढंगा, बेडौल, बदसूरत।

shapelessness n. आकृतिविहीनता, आकारहीनता, कुरूपता, कुगठन, बेढंगापन, बेडौलपन।

shapeliness n. सुरूपता, दर्शनीयता, सुगठन, सुन्दरता, सुडौलपन, खूबसूरती, खुशनुमाई।

shapely a. आकारवान्, दर्शनीय, रूपवान्, रूपशुद्ध, शुद्धाकार, सुरूप, सुन्दर, सुगठित, सुरेख, सुडौल, सुढाल, डौलदार, खूबसूरत, खुशनुमा।

shaper n. (क्रियागत अर्थोंमें) निर्माता, सृष्टिकर्ता, आकार देनेवाला, रूप देनेवाला, बनानेवाला; खराद।

shard, sherd n. (प्रा०) मृत्पात्र-खण्ड, ठीकरा, ठीकरी (गमलेके छेदके ऊपर भी रखा जाता है); भौंरेके परका खोल; ~-beetle गुबरैला।

share[1] n. देयभाग, समभाग, भाग, समान अंश, बाँट, बटाई (*that is your fair* ~); सबके धनका एक अंश, भाग, हिस्सा, शेयर (*must get a* ~ *of the plunder, had a large* ~ *in bringing it about*); सम्मिलित स्वामियोंकी सम्पत्तिमें साझा-पत्ती, पाँति, साझा (*has a* ~ *in the estate*, etc.); ~-bone पुरोनितम्बास्थि; ~ capital अंश-पूँजी, हिस्सा पूँजी, शेयर पूँजी; ~cropper ⊙ फसलमें अपने हिस्सेके अनुसार लगान देनेवाला; ~holder अंशग्राही, अंशधारी, अंशभागी, भागग्राही, भागीदार, साझीदार, पट्टीदार, हिस्सेदार; ~-list अंशसूची, (भिन्न कम्पनियोंमें) अंशोंके वर्तमान मूल्योंकी सूची; ~-out वितरण, बटवारा, बाँट; ~-pusher (ब्रोल०) (प्रायः हीनमूल्यके) अंशोंका तुच्छ व्यापारी; deferred ~s आस्थगित अंश, (अंश जिनपर नियत तिथि या आकस्मिक घटना तक कोई लाभ न दिया जावे या कम दिया जायगा); ordinary ~s सामान्य अंश, साधारण हिस्से; preference or preferred ~s पूर्वाधिकार अंश, अधिमानित हिस्से (जिनपर नियत लाभ देनेका निश्चय पहलेसे ही कर लिया गया हो); *go* ~*s* दूसरोंके साथ समभाग करना, बाँटना, हिस्से करना; ~ *and* ~ *alike* समभाग करना, बराबर-बराबर बाँटना;

~ allotments, ~ broker, ~ certificate, ~ ledger, ~ market, ~ money, ~ register, ~ tenancy, ~ transfer, ~ transfer book, ~ transfer fees, ~ transfer stamp, ~ warrant.

share[2] v.t & i. भाग लेना, सम्मिलित होना, सम्मिलित रूपसे पाना या प्रयोग करना या सहन करना, हिस्सा लेना, शामिल होना; अंश प्राप्त करना, अंश लेना, अंशधारी होना, अंश रखना, हिस्सेदार होना, हिस्से रखना (*will* ~ *with you in the undertaking*); (सम्पत्ति, भोजन, कार्यभार आदिको) विभाजित करना, अंश देना, हिस्सा देना, दूसरोंमें बाँटना, भाग करना, बँटवारा करना, हिस्से करना (*would* ~ *his last crust*); ~ *out* वितरण करना, बाँटना।

share[3] n. कुशी, हलका लोहेका फाल, फल, फार, कुसी; बीज बोने या काटनेकी मशीनका फाल; ~-beam हलके फालकी लकड़ी।

sharer n. अंशधारी, अंशभागी, अंशी, भागी, भागीदार, हिस्सेदार, साझीदार, पट्टीदार; अंशवितरक, भागकर्त्ता, बाँटनेवाला, हिस्सा देनेवाला।

sharing n. विभाजन, बँटाई।

shark १. n. (लम्बे आकारका अगल-बगल नथुनेवाला छोटे मुँहका) समुद्री मत्स्य या मच्छ; नक्र, ग्राह, घड़ियाल, मगर (*White, Blue, Dusky*, ~); वंचक, प्रवंचक व्यक्ति, धूर्त, छली, ठग, धोखेबाज मनुष्य; प्रतिभाशाली छात्र, होशियार विद्यार्थी; घाघ ⊙; २. v.t. & i. वंचना करना, ठगी करना, ठगना, चार-सौ-बीसी चलाना, कपट-व्यवहार करना; अपमानजनक साधनोंसे संचित करना, बेईमानीसे एकत्र करना, बेईमानीसे जमा करना; साहसिक होना, साहसिकता दिखाना (~*s for a living*); मुक्खड़की भाँति निगल जाना; थपकी लगाना ⊙; ~-moth घड़ियाल-जैसा पतिंगा; ~'s-mouth पालमें मस्तूल आदिके लिए छेद।

sharker n. लुण्ठक, साहसिक, वंचक, ठग, लुटेरा, पतेबाज, चार सौ बीस।

sharking a. वंचक, धोखा देनेवाला, चार सौ बीस, ठग, ठग्गू, चूना लगानेवाला।

sharp[1]* १. n. तीक्ष्णा, सीनेकी पतली सुई; (संगीत) आरोहके ऊपर उठाया हुआ स्वर, उदात्त स्वर, उच्च स्वर, अनुच्चरित या कठोर व्यंजन; वंचक, चार सौ बीस आदमी, ठग, धोखेबाज, दगाबाज आदमी ⊙; दक्ष, प्रवीण, विशारद, विज्ञ, विशेषज्ञ, कारीगर आदमी ⊙ (*mining-*~); (pl.) (चोकर और आटेके) बीचका पिसान, सूजी; २. a. प्रखर, तीक्ष्ण, तेज*, पैना*, तीखा, धारदार, बारीक (~ *knife*); तीक्ष्णाग्र, नुकीला, नोकदार, अनीदार (~ *gable*); दाहक, कटु, अम्ल, कर्णकटु, कर्कश, कड़ुआ, चुभता हुआ, अम्लयुक्त, चरपरा, खट्टा; मर्मभेदी, कष्टप्रद, पीड़क, पीड़ादायक, पीड़ामय; अत्यन्त, अत्यधिक; प्रचण्ड, कठोर, कठिन, उग्र, तीव्र, काटता हुआ, कड़ा, सख्त (~ *flavour, wine, voice, cry*, etc.); व्युत्पन्नमति, कुशाग्रबुद्धि, तीक्ष्ण-बुद्धि, तीव्रबुद्धि, सूक्ष्मग्राही, विदग्ध, सजग, सतर्क, तत्पर, प्रवीण, चतुर, निपुण, प्रगल्भ; आशुक्षुब्ध, संवेदनशील, जागरूक, चेतन, सावधान, धीमान्, किसी चाजको देखने या सुनने

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

या समझनेकी क्षमतावाला, होशियार, चौकस, चालाक (*~ eyes, child, intelligence, attention*); कोनदार, मोड़दार, आकस्मिक, एकदमका (*~ turn, incline*); स्पष्ट, सुस्पष्ट, भली भाँति व्याख्यात, साफ, साफ-सुथरा (*~ outline*); (ध्वनि०, अनुच्चरित ध्वनियोंके सम्बन्धमें) अनुच्चरित, अध्वनित, कठोर; (संगीत) साधारण स्वरारोहसे ऊँचा; विजयाकांक्षी, लाभाकांक्षी, जीतनेपर उतारू; अवसरवादी, काइयाँ, चालाक, घाघ, बेईमान, जल्दी फायदा उठानेवाला, अविवेकी, गलत; उत्साहपूर्ण, उत्साही, साहसी; द्रुत, शीघ्र, वेगपूर्ण, वेगवान्, वेगमय, प्रचण्ड, तुरतफुरतवाला (*take a ~ walk*); adv. नियमित समयपर, ठीक समयपर; (संगीत) वास्तविक स्वरारोहसे ऊँचा करते हुए; ~-cut सुस्पष्ट, अतिस्पष्ट, सुनिश्चित; ~-nosed सुगन्धप्रिय; नुकीली नाकवाला; ~ practice छल, कपट, धूर्तता, चालाकी; ~-set बुभुक्षित, भूखा; ~-shod नाल जड़ा हुआ (*~ horse*); ~-shooter लक्ष्यवेधी, बहुत ही कुशल निशानेबाज; ~-sighted दूरद्रष्टा, तीक्ष्णदृष्टि, चतुर, बुद्धिमान्, चालाक, काइयाँ; ~-visaged कृशमुख, दुबले-पतले चेहरेवाला; ~ work जी-तोड़ संघर्ष या लड़ाई, शीघ्रतासे किया जानेवाला या होनेवाला काम; *as ~ as a needle* प्रबुद्ध, बहुत ही चतुर, होशियार; *~'s the word* (शीघ्रता करनेके लिए प्रयुक्त वाक्य) जल्दी करो, फुर्तीसे; *was too ~ for me* मुझे छल लिया, ठग लिया;

~-angled, ~-beaked, ~-billed, ~ chisel point, ~-clawed, ~ contrast, ~-cornered, ~ curve, ~-edged, ~-ended crystals, ~-ended points, ~-faced, ~ focussing, ~-line, ~-looking, ~ melting point, ~ rise, ~ series, ~ steel, ~-toothed, ~-witted.

sharp[2] v.t. & i. (प्रा० या गँवारू) तीक्ष्ण करना, तेज करना, धार धरना, धार तेज करना, पैना करना, सानपर चढ़ाना; स्वरको ऊँचा चढ़ाना, आवाज उठाना, आवाजको तेज करना; (ताश आदिके खेलमें) धोखा देना, चालाकी करना, बेईमानीसे खेलना।

sharpen v.t. & i. तेज करना या होना, धार धरना, शान रखना, सानपर चढ़ाना, पैनाना; स्पष्ट करना; उत्सुक करना, उत्साहित करना, संवेदनशील बनाना; कर्कश करना, स्वरारोहसे ऊँचा करना; काइयाँ होना, चालाक होना; उग्र या कष्टप्रद बनना; चरपरा करना।

sharpener n. (क्रियागत अर्थोंमें) तेज करनेवाला; शाण, सान, धार धरनेवाला मनुष्य या यंत्र।

sharper n. प्रवंचक, धूर्त, ठग, धोखेबाज, उचक्का, बेईमान, घाघ।

sharping n. कपट-व्यवहार, छल-कपट, धोखेबाजी।

sharpish a. ईषत्तीक्ष्ण, किंचित् तीव्र, कुछ तेज, तेजसा; ईषदम्लयुक्त; खट्टा-सा; ईषत्प्रचण्ड, ईषत्कठोर, उग्रसा, काटता हुआ-सा; ईषद्व्युत्पन्नमति, ईषत्कुशाग्रमति, तीक्ष्णबुद्धि-सा; काफी होशियार।

sharpness n. तीक्ष्णता, तीव्रता, नुकीलापन, पैनापन, तेजी; कष्टप्रदता, प्रचण्डता, उग्रता, कर्कशता, कठोरता, दाहकता, कटुता, चरपराहट, तीखापन; सुस्पष्टता; तीव्र दृष्टि, सतर्कता; संवेदनशीलता, जागरूकता, चेतनता; वेग, द्रुतता; अवसरवादिता, धूर्तता, चालाकी, बेईमानी।

sharps n. pl. (गेहूँका) खराब आटा, खराब मैदा, घटिया पिसान।

Shastra n. शास्त्र, धर्मग्रन्थ।

shatter v.t. & i. ध्वस्त करना, विनष्ट करना, पूरी तरहसे अव्यवस्थित करना, छिन्न-भिन्न करना, उलट-पुलट कर देना, बर्बाद करना, धज्जियाँ उड़ाना, छितराना, बिखेरना (*~ed nerves, constitution, hopes*); खण्डित करना या होना, नष्ट-भ्रष्ट कर देना या हो जाना, छिन्न-भिन्न करना या होना, चूर-चूर करना या होना, एकदम टुकड़े-टुकड़े कर डालना या हो जाना, तोड़ डालना या टूट जाना; ~-proof विध्वंसावरोधक।

shatters n. pl. छिन्न अंश, टूटे टुकड़े।

shattery a. विध्वंसशील, भंगुर, विनाशशील, टूटनेवाला, भुरभुरा।

shave[1] n. मुण्डन, दाढ़ी बनवाना, हजामत (*must have a ~*); समीपता, आस्पर्श, पहुँच, बचाव, बाल-बाल बचाव, चूक (*had a close ~ of it*); वंचन, कपट, धूर्तता, छल, धोखा, चाल, मक्कारी, शरारत; लकड़ी छीलनेके लिए दोनों सिरेपर लगे दस्तेवाला चाकूका फल; फाँक, टुकड़ा, कतला।

shave[2] v.t. & i. क्षौर कर्म करना, क्षुरण करना, दाढ़ी बनाना, सिर मूँड़ना, बाल बनाना, बाल काटना, मूँड़ना, हजामत बनाना (*a ~n chin*); (intr.) अपनी दाढ़ी बनाना (*he does not ~ every day*); बिना छुए पाससे निकल जाना, बाल-बाल बचना, थोड़ा छूते हुए निकलना, बहुत थोड़ा चूकना, बिल्कुल करीबसे गुजरना; लकड़ीको रन्दे आदिसे छीलना, छाँटना; ~-hook छैनी, रुखानी, टाँकी।

shaveling n. (प्रा०) मुण्डितशिर, सिरमुँड़ा, मुँड़े हुए सिरवाला व्यक्ति या साधु या पादरी, मुँड़िया।

shaver n. (क्रियागत अर्थोंमें) क्षौरिक, क्षुरक, नापित, नाई, हज्जाम, मूँड़नेवाला; ठग व्यापारी; लुटेरा (बोल०) लड़का, छोकरा, लौंडा, ननका (प्रायः *young ~*); चतुर व्यवसायी।

Shavian a. (नाटककार जार्ज बर्नार्ड) शॉकी (शैलीमें या ढंगपर)।

shaving n. मुण्डन, क्षौर; छीलन, कतरन, (रन्दा करनेसे बना) लकड़ीका बुरादा; छीलनेका कार्य; ~-brush बाल बनानेका ब्रुश, हजामती ब्रुश; ~ horse लकड़ी छीलनेकी घोड़ी, एक प्रकारकी बेंच।

shaw n. (प्रा० एवं का०) छोटा जंगल, झाड़ी, झाड़-झंखाड़।

shawl १. n. शाल, स्त्रियों द्वारा कन्धोंपर ओढ़नेका दुशाला; २. v.t. शाल द्वारा आवृत करना, शाल या

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

दुशाला उढ़ाना; ~-dance दुशाला-नृत्य; शाल-नाच (जिसमें नर्त्तक या नर्त्तकी अपनी शालको लहराते हैं); ~-pattern दुशालेका एक नमूना।

shawm n. (एक प्रकारका हारमोनियम बाजा (जो अब अप्रचलित है), शाम।

shay n. शे, बग्घी, घोड़ागाड़ी।

she १. n. नारी, स्त्री, महिला, औरत (*is the child a he or a ~ ?*); २. a. (प्रायः समास-चिह्नके साथ) मादा (*~-goat*); ~-cat बिल्ली; ~-devil पापिष्ठा, दुष्टा, पापिनी, राक्षसी; कुट्टिनी; ३. pron. वह (स्त्री); *the not impossible ~* भावी स्त्री (जिससे प्रेम हो सके)।

shea n. घृतपादप, शी, (पश्चिमी अफ्रीकाका एक पेड़ जिससे घी मिलता है)।

sheaf १. n. (pl. *-ves*, प्रायः बँधा हुआ और एक साथ लम्बाईमें रखा हुआ चीजोंका) गट्ठा, पूला, पुलिन्दा, मुट्ठा, बण्डल (*~ of papers*); २. v.t. गट्ठोंमें बाँधना, पूला या पूली बाँधना, पुलिन्दा या मुट्ठा या बण्डल बाँधना; ~-binder पूलियाँ या गट्ठे बाँधनेका औजार।

sheafy a. गट्ठरयुक्त, पूलीवाला, पुलिन्दा बना हुआ, मुट्ठेदार, बण्डलदार।

shealing n. लघु कुटीर, छोटी कुटिया, छोटी झोपड़ी।

shear[1] n. कर्तरी, कतरनी, कैंची-जैसा एक बड़ा औजार (*hand me the ~s*); (यन्त्र०) निर्मित वस्तु आदिपर दबाव या बोझा (जिससे उसके परत एक दूसरेपर आ पड़ें); विरूपणः ~bill कटी चोंचवाला पक्षी; ~ steel परतदार इस्पात; ~tail भिनभिनाती हुई चिड़िया (जिसकी पूँछ कैंचीकी तरह होती है)।

shear[2] v.t. & i. (*sheared, shore; shorn*) कैंचीसे कतरना, काटना, मूँड़ना (*~ sheep* ऊन काटना; *shall be ~ing my sheep tomorrow*); (का०) तलवार आदिसे काटना या कटना, उड़ाना या उड़ना (*shore off his plume*); (ला०) वंचित करना, छीनना, ले भागना, ऐंठ लेना, ठगना, लूटना, खसोटना, मूँड़ना (*come home shorn*); (मकानके ढाँचे, सामान आदिका) बोझके कारण टूट जाना, तोड़ा-फोड़ा जाना भारके द्वारा टूटना-फूटना या तोड़ना; ~water तरंगकाक, एक प्रकारकी नीचे-नीचे उड़नेवाली समुद्री चिड़िया; *~ cloth* कपड़ेका रोआँ कतरना।

shearer n. लोमच्छेदी, कतरनेवाला, काटनेवाला, रोआँ आदि कतरनेवाला; मूँड़नेवाला; कैंची।

shearing n. कर्त्तन, कल्पन, ऊन-कटाई।

shearling n. भेड़ (जिसकी ऊन केवल एक बार कतरी गयी हो)।

sheatfish n. जर्मन मछली।

sheath n. छाद, पिधान, पुट, आवेष्टन, म्यान, गिलाफ; (वन०, जन्तु०, श० र० शा०) आवरण, प्रावरणी, वृत्ति, कोश, छदन, कंचुक, कला, खोल, झिल्ली; शिश्नच्छद; नदीको बाँधनेके लिए पत्थरोंका बाँध।

sheathe v.t. गिलाफ चढ़ाना, म्यानमें रखना, सुरक्षित करना, मढ़ना, बक्समें बन्द करना; आवरण आदिमें रखना, म्यानमें डालना, खोल चढ़ाना; *~ the sword* तलवारको म्यानमें डाल देना; (ला०) युद्ध समाप्त करना।

sheathing १. n. आवरण द्वारा संरक्षण, म्यानमें रखनेका कार्य, गिलाफ चढ़ानेका काम; २. a. आवरक।

sheathless a. आवरणरहित, बिना छाद, बिना म्यानके, बिना गिलाफके; बिना पत्थरोंके बाँधके; ~ plate आवरण-पट्ट।

sheathy a. छादयुक्त, म्यानवाला; म्यानकी तरह।

sheave[1] n. चरखी आदिका दाँतेदार पहिया; चरखी, गड़ारी।

sheave[2] v.t. (अनाज आदिको) पूलीमें बाँधना, पूलियाँ बनाना, मुट्ठा या गट्ठा बाँधना।

sheaved a. पूलादार, पुलिन्दादार, बण्डलदार; प्रदीप्त, दीप्तिमान्, प्रज्वलित।

sheaves दे० SHEAF.

shebang ⊙ n. वर्तमान समस्या, आधुनिक प्रश्न, आजका मसला; व्यवसाय, व्यापार, रोजगार (*the whole ~*); (ग्रा०) (अमरीकामें प्रचलित) आलय, शाला, कोषागार, भण्डार, घर, बैठक, कमरा, स्टोर।

Shebat n. यहूदियोंका पाँचवाँ महीना, शेवत।

shebeen n. मदिरालय, शराबखाना (जिसमें बिना लाइसेंसके शराब बिकती हो)।

shed[1] n. शालिका, छादक, (पशु या सवारियों या माल या कारखानेके लिए) एकमंजिला छाजन, शाला, घर, सायबान, छप्पर, ओसारा, झोंपड़ा, मड़वा, शेड।

shed[2] v.t. विकीर्ण करना, प्रसारित करना, तितर-बितर करना, दूर तक फैलाना, छितराना, बिखेरना (*~ love around*); (दूसरोंका) रक्त प्रवाहित करना, खून बहाना; बूँद-बूँद गिराना, बहाना, टपकाना, ढलकाना, छोड़ना; त्यागना, परित्याग करना, जाने देना, अलग करना, गिर जाने देना, निकालना, गिराना, छोड़ना, झाड़ना, अलगाना (*tree ~s leaves*); (विद्यु०) उद्वाह्य भार कम करना; *~ light on* किसी वस्तु पर प्रकाश डालना, आभामय करना, चमकाना; व्याख्या करना; *~ one's blood for one's country* देशके निमित्त बलि देना या मारे जाना; *~ tears* रोना, आँसू बहाना।

shedder n. (क्रियागत अर्थोंमें) मोचक, फैलानेवाला, छितरानेवाला; स्रावक, बहानेवाला, टपकानेवाला; पातक, गिरानेवाला, अलगानेवाला।

shedding n. छप्पर, झोपड़े, उसारे आदि (बनाना)।

sheen n. प्रभा, कान्ति, ज्योति, तेज, दीप्ति, आभा, छवि, सौन्दर्य, उज्ज्वलता, चमक, दमक, रोशनी।

sheeny[1] n. (ग्रा०) यहूदी (हीनतासूचक), शीनी।

sheeny[2] a. (काव्य०) प्रभायुक्त, कान्तिमान्, ज्योतित, ज्योतिर्मय, दीप्तिमान्, आभामय, छविपूर्ण, सुन्दर, उज्ज्वल, चमकीला, दमकीला, चमकदार, रोशन।

sheep* n. (pl. वही) अवि, मेष, भेड़*, मेढ़ा; संकोची व्यक्ति, लज्जालु, लज्जाशील मनुष्य, भीरु,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

शर्मीला, झेंपू, झिझकनेवाला आदमी; (प्रायः pl., अब मुख्यतः हास्य०) पादरीके क्षेत्रके ईसाई जन; भेड़की खालका चमड़ा; black ~ काली भेड़; कलंकी मनुष्य; ~-bot (भेड़ोंको सतानेवाले) कीटडिम्भ, भेड़मक्खी; ~-cote, ~-fold, ~-pen (प्रा०) (क्वचित्) भेड़ोंका बाड़ा या हाता; ~-dog (छोटी पूँछका खुरदरी खालकी नस्लवाला) गड़रियेका कुत्ता; ~-faced = SHEEPISH; ~-hook गड़रियेका आँकड़ा; ~-louse, ~-tick भेड़ोंकी जूँ; ~-run भेड़ोंकी चरागाह; ~'s-bit अविपुष्प (एक पौधा); ~'s fescue अवितृण, एक प्रकारकी चरागाहकी घास; ~shank गाँठ या गिरह (जिसके द्वारा अस्थायी रूपसे रस्सीकी लम्बाई घटायी जाती है); ~skin ऊनके साथ भेड़के खालकी पोशाक या गलीचा, मेषी चर्म, भेड़की खालका चमड़ा, बनाया हुआ चमड़ा या उसपर लिखी हुई पुस्तक आदि (या कोई श्रेष्ठ कार्य या प्रमाणपत्र जो चमड़ेपर अंकित हो); ~-wash कीड़ोंको मारने या ऊनकी रक्षाके लिए एक प्रकारकी तरल ओषधि; *cast ~'s eyes* कातर दृष्टिसे देखना; *follow like ~* भेड़चाल चलना, अन्धानुकरण करना, अन्धोंकी तरह पीछे-पीछे चलना, अधीन होना; *~ and goats* भले और बुरे, नेक और बद; *~ that have no shepherd* आश्रयहीन या अवलम्बहीन जनसमूह, बिना नेताकी भीड़; *wolf in ~'s clothing* भेड़के वेशमे भेड़िया;

~ berry, ~-breeding, ~-dung, ~ fly, ~ hide, ~master, ~-pox, ~-run, ~-shearing, ~ sorrel, ~ suet, ~-walk.

sheepish a. नष्टवीर्य, निष्प्रभ, निस्तेज; मेषशील, भेड़के स्वभावका, भेड़-जैसा; लज्जालु, लज्जाशील, अप्रतिभ, जनभीत, भीरु, डरपोक, शरमीला, झेंपू, भोला।

sheepishness n. लज्जालुता, लज्जाशीलता, निष्प्रभता, शरमीलापन, झेंपूपन, भेड़पन।

sheer[1] n. (नौवि०) जहाजका रास्तेसे भटकना; जहाजका सामने या पीछेकी ओर झुकना।

sheer[2] v. i. (नौवि०) मार्गसे विचलित होना, पथभ्रष्ट होना, भटक जाना, बेरास्ते हो जाना; फिरना, मुड़ना, कतराना; *~ off* संग छोड़ना, साथ छोड़ना, खिसकना, अलग हट जाना, नाता तोड़ देना, कतरा जाना।

sheer[3] n. पोतका झुकाव; भारी बोझ उठाकर जहाजमें लादनेवाली एक मशीन; ~-hulk इस काम आनेवाला बिना मस्तूलका जहाज।

sheer[4] १. a. (वाणिज्य, वस्त्रोत्पादन) शुद्ध, स्वच्छ; (चट्टान, पतन, झरना, चढ़ाई आदिके सम्बन्धमे) लम्बवत्, लम्बाकार, खड़ा, आड़ा, बिना ढालके; अमिश्रित, असंयुक्त, निर्मल; नितान्त, निपट, निरा, निरी, सीधा-सादा, स्पष्ट, साफ-साफ, सरासर, पूरा-पूरा, (*~ folly, waste*); मात्र, केवल, सिर्फ, फकत, महज (*did it by ~ force*); २. adv. लम्ब रूपमे; प्रत्यक्षतः, मात्र, बिल्कुल साफ-साफ, साफ तौरपर (*rises ~ from the water*)।

sheet[1] n. उत्तरच्छद, शय्याच्छादन, आस्तरण, स्तार, कपड़ेकी चादर, पलँगकी चद्दर, पलँगपोश (*between the ~s*); पत्र-फलक, पत्र, कागजका ताव, तख्ता (*~ of notepaper*); धातु-पत्र, धातुफलक, पतली धातुका पत्तर, धातुकी चद्दर (*a ~ of iron*); तोयराशि, जल-संघात; (पानी, हिम, बर्फ, ज्वाला, रंग आदिका) व्यापक विस्तार, विस्तृति, चौड़ा फैलाव, पानीकी चादर; समाचारपत्र, अखबार, पर्चा, कागज; पालके नीचेवाले कोने की रस्सी या जंजीर (जिससे पालको ठीक करते है); charge-~ आरोप-पत्र; clean ~ उजली चादर, (ला०) निष्कलंक चरित्र; ~-anchor संकटमें काम आनेवाला सबसे बड़ा लंगर, प्रमुख आलम्ब, प्रधान आश्रय, एकमात्र अन्तिम आधार, अन्तिम आश्रय या अवलम्ब, अन्तिम उपाय, भरोसा, आसरा, सहारा, पनाह; ~ music (पुस्तक रूपमें नहीं बल्कि कागजके) तावोंमें छपनेवाला संगीत; ~ of quarto तावको दुहरा मोड़नेसे बने चार पन्ने; ~ roll शीट रोल; *a ~, three ~s, in the wind* थोड़ा पिये हुए, थोड़े नशेमें; मदोन्मत्त, धुत्त, खूब पिये हुए; *book is in ~s* छपी है, किन्तु जिल्द नहीं बाँधी गयी है; *flowing ~* उड़ता हुआ पाल (जो पूरी तरह खिचा हुआ न हो);

~ box, ~ copper, ~ erosion, ~ glass, ~ iron, ~ lead, ~ metal, ~ platinum, ~ rock, ~ rubber, ~ wash.

sheet[2] v.t. चद्दर फैलाना या डालना, चादर बिछाना; चद्दर ढँकना, चादरसे ढँकना, चद्दर उढ़ाना; चद्दरों या चादरके रूपमें बनाना या ढालना; पालकी रस्सी या जंजीरसे उसे ठीक करना या कसना।

sheeted a. उत्तराच्छादित, शय्याच्छादित, आस्तरित, स्तरित (*the ~ dead*); (कागजके) तावसे आवृत, तख्तेसे आच्छादित; चादर-जैसी (*~ rain*)।

sheeting n. स्तारण, स्तार, चादर, बिछौनेकी चादरका चौड़ा कपड़ा।

sheety a. छदवत्, छादनवत्, आस्तरणयुक्त, स्तरणमय; चादरवाला; (कागजके) तावके समान, तख्तेके सदृश फैला हुआ।

sheik(h) n. (अरबके या मुसलमानोंके कुटुम्ब, गाँव या कबीलेका) प्रधान, नेता, मुखिया, सरदार, शेख; (परिवर्तित) पति, स्वामी या प्रेमी; S~-ul-Islam मुफ्ती, शेख-उल-इस्लाम।

shekarry n. आखेटक, मृगयाकर्ता, शिकारी।

shekel n. यहूदियोंका बाट, तौलनेका पैमाना और चाँदीका सिक्का; (pl.) सम्पत्ति, सम्पदा, अर्थ, धन, माल, रुपया, दौलत, रकम।

Shekinah, -ch- n. (इब्र नी भाषामें, कृपाकी मुद्रामें स्थित) ईश्वरकी दर्शनीय कीर्ति या गौरव, शकीना।

sheldrake, shelduck nn. उपचक्र, हंस-विशेष, चमकीले पंखवाली जंगली बतख।

shelf* n. (pl. *-ves*) पुलिन, समुद्रकी सतहके नीचे चट्टानोंकी श्रेणी या रेतीला किनारा; चट्टानके सामने बाहर निकला हुआ सीधा भाग, टीला, ताक; फलकी*,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

परिकक्ष, आधानी, शिलापट्ट, काष्ठ फलक शेल्फ, पत्थरका टुकड़ा या पटिया या तख्ता, टाँड़*; पुस्तकाधार, किताब-खाना, आलमारीकी कोई एक पटिया या तख्ता या खाना या दराज; ~-catalogue टाँड़ोंमें लगा हुआ (पुस्तकालयका) सूचीपत्र या कैटालॉग; ~ mark (पुस्तकालयकी पुस्तकपर) स्थानसूचक संकेत या चिह्न।

shelfful n. तख्ताभर; ताकभर, दराजभर, आलमारीभर।

shelfy a. सपुलिन पुलिनमय, रेतीले किनारेवाला।

shell[1] १. n. (नारियल, बीज या फल, अण्डे, कुछ पशु या उनके अगों आदिका) कवच, छद, कठोर बाह्य आवरण, शुक्ति, पखकोष, कृमिकोष, शल्क, शंख, सीपी, समुद्री घोंघा; खोल; बल्कल, कड़ा छिलका, चक्कल, पावरोटीका छिलका, तुष, भूसी, भूसा, खाल, खपड़ा, खपड़ी, फली, छीमी, पपड़ी, तह, पर्त, खुरण्ड; जहाज आदिकी भित्तियाँ, अधूरे या नष्ट किये हुए घर; भीतरी शवाधार, अन्दरूनी ताबूत; योजना आदिकी रूपरेखा, खाका; तलवारका हस्तरक्षक; एक प्रकारकी फौजी सिपाहीकी जैकेट; स्फोट, बम, बमका गोला; टोटा, कारतूस ⊙; स्फोटवार, धातु या कागजका खोल, खाली घर, कारतूस (आतिशबाजी वगैरहके कामका); ⊙ छोटी नाव, दौड़की हलकी नौका, शिकारा; (का०) वीणासदृश वाद्य विशेष; (स्कूलोंमें) माध्यमिक श्रेणी; बीचका दरजा; बाह्य सादृश्य या एकरूपता; बाह्य प्रदर्शन, बाहरी दिखावा; ~back (नौवि०, ग्रा०) वृद्ध नाविक बूढ़ा मल्लाह, पुराना मल्लाह; ~-bark एक प्रकारका अखरोटकी जातिका पेड़; ~-bit बरमेका सुम्मा, रुखानीकी तरहका बरमा; ~fire गोलाबारी; ~fish शंखमीन, घोंघेवाली मछली, खोलदार मछली; शुक्ति, शंख, घोंघा, सीपी; कौड़ी; ~-ice जलनिरपेक्ष हिम या बर्फ; ~-jacket फौजी सिपाहीकी कमरतककी साधारण जैकेट; ~-mound शम्बुकराशि, घोंघेका टीला; ~-proof २. a. बम प्रतिरोधक, गोला-बारूद या बम आदिसे रक्षा करनेवाला; ~-shock (मानसिक शक्तियों या वाक्शक्तिकी) अत्यवस्था, विकृति, विकार, क्षति (जो बम गिरने या युद्धके कारण हो जावे): ~-work लकड़ी आदिपर सीपियों द्वारा शृंगार-कार्य; *come out of one's* ~ खोल उतारना; मौन त्याग करना, बातचीत करने या मिलने-जुलने लगना, एकान्तवास छोड़ना;

~-bearing animal, ~-fishery, ~-form, ~ gland, ~ marble, ~ membrane, ~-room.

shell[2] v.t. & i. खोल या आवरणके बाहर निकालना, शल्क उतारना, बीज निकालना, दाने निकालना, छिलका उतारना, छीलना (~ *peas*); आवरणसे ढकना, बाह्य आवरण उढ़ाना, छिलकों या खपरियोंसे पाट देना, खोल चढ़ाना, गिलाफ चढ़ाना; बम-वर्षा करना, गोलियोंकी बौछार करना, गोलाबारी करना, बम बरसाना, बम गिराना; (धातुओंके) पत्तर या फलक निकालना, पर्त निकालना; ~-out तीन या चार व्यक्तियों द्वारा खेला गया पिरामिडोंका खेल; ~ *out* (ग्रा०) भुगतान करना, चुकता कर देना या चुकता होना, चुका देना, बेबाक करना; खर्च करना; हस्तान्तरित करना, प्रदान करना, दे डालना।

shellac n. शल्कलाक्षा, लाख, चपड़ा, लाह (जो वार्निशके काम आती है); लाख या चपड़ेकी वार्निश करना, लाख लगाना।

shelled a. शल्कयुत, सीपी शंख आदिसे युक्त, छिलकेदार, खोलदार, खपड़ीदार।

sheller n. (नारियल इत्यादिका) अपकोशक, शल्कक, शल्कक यन्त्र, शल्कन-यन्त्र, छीलनेका औजार।

shelling n. वितुषण, भूसी या छिलका उतारना; बमवर्षण, बमबारी, बमोंसे आक्रमण, गोलाबारी।

shell-less a. शल्करहित, शुक्तिहीन, बिना छिलकेका, खपरी या खोलके बिना।

shelly a. शुक्ति-बहुल, सीपीवाला, घोंघेदार; शंखमय, घोंघा आदिसे निर्मित; खोलवाला।

shelta n. आयरलैण्डकी बंजारी भाषा, शेल्टा।

shelter[1] n. संकट-प्रतिरोधक, आश्रयाधार, शरणाधार, आपदानिवारक, व्यवधान, रक्षासाधन, (आक्रमण, प्रहार, सकट, ताप, आँधी आदिसे बचानेवाली वस्तु) ओट, आड़, ढाल; आँधी और पानीसे बचानेवाली कुटिया, झोपड़ी, छप्पर, शेड (*cabman's* ~); संश्रय, त्राण, आश्रय, समाश्रय, रक्षा, शरण, सुरक्षा, सुरक्षित स्थिति, छत्रच्छाया, बचाव (*find* ~); आश्रयस्थल, युक्तिस्थल, शरणस्थल, रक्षास्थल, आश्रयभूमि, सुरक्षित स्थान, बचाव या पनाहकी जगह; ~ belt रक्षा-पट्टी, बचाव पट्टा;

~ compartment system, ~ strip system, ~ wood coppice system, ~ wood method, ~ wood regeneration, ~ wood strip system, ~ wood system.

shelter[2] v.t. & i. आश्रय ग्रहण करना, शरणमें आना या जाना, दामन पकड़ना, पनाह लेना; आश्रय देना, आश्रयण करना, आश्रय या शरणभूमि बनाना, सुरक्षा प्रदान करना, दोषारोपणसे बचाना, छत्रच्छाया या ओटका काम देना, शरण देना, रक्षा करना, छिपाकर सहायता देना, आड़ बनाना, बचाना, छिपाना, ओट करना, आड़ करना, आड़े आना, ढाल करना, ढाल बनना, पनाह देना; ~ one*self under, beneath, behind* etc. आश्रय या शरण ग्रहण करना, सुरक्षा प्राप्त करना, छत्रच्छायामें बसना, पनाह लेना।

sheltered a. परिरक्षित (~ *trades*)।

shelterer n. शरणागत व्यक्ति, शरणमें आया हुआ आदमी।

shelterless a. निराश्रित, निरालम्ब, निराधार, बिना आड़के; आश्रयविहीन, निराश्रय, अशरण, शरणहीन, रक्षाहीन, बेबचाव, अनाथ, बेपनाह; आश्रयस्थलरहित।

sheltery a. आश्रयदाता, शरणदाता, शरण देनेवाला; शरणयुक्त।

shelty, -ie n. स्काटलैण्डी टट्टू।

shelve[1] n. v.t. पुस्तक आदिको अलमारी या ताककी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

दराजमें रखना, ताकपर रखना, टाँड़पर रखना; (ला०) (किसी योजना आदिका) विचार स्थगित करना, विचार करना ही त्याग देना, छोड़ देना, उठाके रखना, हटा देना; (किसी व्यक्तिको) कार्यमुक्त करना, निकाल देना, कामसे हटाना, बर्खास्त करना; अलमारी आदिमें तख्ते लगवाना, दराज बनवाना।

shelve[2] v. i. अभिनत होना, धीरे-धीरे ढालू होते जाना, ढाल होना, ढलावदार होना।

shelved a. पुलिनयुक्त, उभरी हुई चट्टानवाला; काष्ठफलकयुक्त, टाँड़वाला, तख्तादार, पटियादार, दराजवाला।

shelves दे० SHELF.

shelving १. n. अलमारियोंमें तख्ते जड़वानेका काम; अलमारियाँ बनानेका सामान; २. a. प्रवण, अवसर्पी, ढालुआँ (~ *bottom*)।

shelvy a. सिकतातटीय, बलुआ किनारोंवाला; ऊपर लटकता हुआ, टाँड़की तरह।

shemozzle[1] n. (ग्रा०) कोलाहल, गड्डमड्ड, गुलगपाड़ा, शोरगुल, घपला।

shemozzle[2] v. i. गोलाहल करना, शोर मचाना; गड्डमड्ड करना, घपला करना।

shenanigan ⊙ = HUMBUG.

Sheol n. श्मशान, प्रेतस्थान, समाधि-भूमि (यहूदियोंकी) हिब्रू हेड्स।

shepherd १. n. अविपाल, मेषपालक, भेड़ पालनेवाला, गड़ेरिया, चरवाहा, राखाल; २. v.t. भेड़ें पालना; (ला०) भेड़-जैसे जनसमूहका नेतृत्व करना, मार्ग-प्रदर्शन करना, आगे ले चलना, रास्ता दिखाना, हाँकना; ~'s-calendar जलौकामारी (पौधा); ~'s crook गड़ेरियेके द्वारा प्रयुक्त आँकड़ेदार लाठी; ~'s pie आलू और गोश्तसे भरा हुआ मसालेदार केक, समोसा; ~'s plaid काला और सफेद चारखाना या चौखाना कपड़ा; *the good S~* ईसा महोदय, जेसस क्रीस्ट; ~'s-bag, ~'s-clock, ~'s-club, ~'s-comb, ~'s-cress, ~'s-delight, ~'s-dial, ~'s-glass, ~'s-joy, ~'s-knot, ~'s-myrtle, ~'s-needle, ~'s pouch, ~'s-purse, ~'s-rod, ~'s scrip, ~'s-staff, ~'s-sundial, ~'s-warning, ~'s-watch, ~'s wild-thyme पौधोंके नाम।

shepherdess n. मेषरक्षिका, मेषपाली, गड़ेरियाकी स्त्री, गड़ेरनी।

shepherdling n. मेषपालकका शिशु, गड़ेरियेका बच्चा, छोकरा-गड़ेरिया।

Sheraton n. इंग्लैण्डमें १८वीं शताब्दीमें प्रचलित घरेलू मेज-कुर्सी आदि सामान।

sherbet n. शर्बत।

sherd n. दे० SHARD; अंश, भाग, शकल, खण्ड, टुकड़ा।

sherif, -eef n. मजावर; मक्काके दण्डाधिकारी, शरीफ।

sheriff n. ब्रिटेनकी काउण्टी या शायरमें सम्राट्का मुख्य अधिकारी, बड़ा अफसर, शेरिफ; अपनी काउण्टीमें शान्तिव्यवस्थाका उत्तरदायी निर्वाचनीय अधिकारी ⊙; प्राड्विवाक, न्यायाधिकारी।

sheriffalty, -dom, -hood, -ship nn. शेरिफका पद या अधिकार।

sherry n. अबुद्-द्राक्षिरा, दक्षिणी स्पेनकी श्वेत मदिरा, सफेद शराब।

sheth n. दण्ड, डण्डा, छड़।

Shetland n. स्काटलैण्डका द्वीपसमूह, शटलैण्ड; ~ pony शटलैण्डी टट्टू; ~ wool उत्तम प्रकारकी शटलैण्डी ऊन।

shew v. i. & t. (p.p. *-n*) = SHOW.

shewel n. हौवा, डरावा, गुड्डा।

Shiah, Shiite n. शिया मुसलमान।

shibboleth n. सम्प्रदाय-विशेषकी परिचायक संकेत-ध्वनि; परीक्षा-शब्द, (जातीयता आदिकी परीक्षा करनेका) व्यवहार-वचन; चिह्न, निशान; रूढ़ सिद्धान्त, रूढ़िवादिता, रूढ़ विचार, पुरानी बातें, दकियानूसी ख्याल।

shield १. n. वर्म, फलक, चर्म, ढाल, फरी; परिरक्षक, रक्षक वस्तु या व्यक्ति; आश्रय, शरण, परिरक्षक, रक्षाप्रद आवरण; (यन्त्रों, मशीनों आदिमें) बचाव करनेवाला पर्दा या प्लेट, ओट; जन्तु या पौधोंमें ढाल जैसा अंग या भाग, फलक; (अग्र०) ढालपर अंकित चिह्न आदि; २. रक्षा करना, बचाना, छुपा लेना, ओट करना, आड़ करना, बचाव करना; ~-fern साधारण सुन्दर पर्ण; ~-hand बायाँ हाथ; *the other side of the* ~ किसी प्रश्नका कम स्पष्ट पक्ष; ढालका दूसरा पहलू (जो प्रत्यक्ष न हो या जिसपर दृष्टि न गयी हो)।

shieldless a. कवचरहित, बिना ढालके; निराश्रय।

shielding n. परिरक्षण; भेड़ोंका बाड़ा; पशुओंके लिए चरागाह; खिलाड़ियों या गड़ेरियोंके लिए बेढंगे तौरपर बनी झोपड़ी।

shieling n. = SHEALING.

shier n. फटनेवाला घोड़ा।

shift[1] n. स्थानान्तरण, स्थित्यन्तरण, विवर्तन, पर्ययण, आवर्तन, परिक्रमण विचलन, चक्रावर्तन, विप्लव, स्थानापादन, स्थानापन्नता, स्थान या प्रकृतिका परिवर्तन, प्रतिस्थापन, पलटा; भाग्य-परिवर्तन, भाग्यका फेर, चक्कर, बारीबारीसे बदल, अदल-बदल, बदलाव, दौर (क्व०; *the ~s and changes of life*); नवीन युक्ति, नई गति, साधन, नया उपाय, नया तरीका, तरकीब; पारी, पाली, बारी, फेरा; निपुणता, कौशल, चातुरी, छद्म, छल, छलोपाय, कपट, चाल, गोलमोल बात, ठगना, चालाकी, चालबाजी; (प्रा०) स्त्रियोंका एक प्रकारका अन्तर्वसन, समीज, कमीज; ईंटोंकी छूटी चिनाई (जिसमें एक पंक्तिका जोड़ दूसरी पंक्तिके जोड़से न मिलता हो); *make* ~ or *a* ~ प्रयास करना, उपाय करना, करनेकी व्यवस्था करना या प्रबन्ध करना, किसी प्रकार चलाना (*must make* ~ *without it*)।

shift[2] v.t. & i. स्थानान्तरण करना, पर्ययण करना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

विवर्तन करना, स्थानपरिवर्तन करना, जगह छोड़ना, अवस्थामें परिवर्तन करना, बदलना, हटाना, एकके स्थानपर दूसरी वस्तु रखना, स्थानापन्न करना, स्थानापन्न होना, आकार या रूप परिवर्तित करना, एक हालतसे दूसरीमें बदलना या हटना, जगह बदलना, पलटना, तबदील करना (~ *load into other hands*); कोई कार्य करनेका उपाय निकालना, काम चलाना, प्रबन्ध करना, जीविका अर्जित करना, जीविका कमाना, उपलब्ध पथ ग्रहण करना, राह पाना, रास्तेपर आना; टलना, हिलना, काम निकालना, जो बन पड़े करना (*must ~ as I can, for himself*); परिहार करना, अस्पष्ट बात करना, टाल जाना, टालमटोल करना, गोलमोल बात करना (क० ~*s and prevaricates*); *cargo ~ed* भार इधर-उधर हिल-डुल गया, सरक गया; ~ *about* झूमना, लहराना, लड़खड़ाना; स्थित्यन्तरण करना, हटना; ~ *for* one*self* अपने ऊपर आश्रित होना, अपने सहारे रहना; ~ one's *ground* विवादक्रम बदलना, तर्कमें नयी स्थिति ग्रहण करना, बहस बदल देना; ~ *off* दायित्वसे बचना, उत्तरदायित्वको टालना, दूसरेको स्थानान्तरित करना, मुक्ति पाना, छुटकारा पाना, दूसरी जगह करना; ~ *the scene, the scene ~s* नाटक या उपन्यास आदिमें दृश्य-परिवर्तन करना, दृश्य परिवर्तित होना, दृश्य बदलना।

shifter n. अविश्वस्त व्यक्ति, अविश्वस्य पुरुष, अविश्वसनीय पुरुष, धोखेबाज, चालबाज।

shiftiness n. अविश्वसनीयता, धूर्तता, कपटीपन, छलीपन, टालूपन, मक्कारी, चालाकी, घिस्सेबाजी।

shifting १. n. स्थानान्तरण, परिवर्तन, विवर्तन; २. a. परिवर्ती (~ *cultivation*)।

shiftless a. निरुपाय, उपायरहित, साधनहीन, युक्तिहीन, अक्षम, बे-बस, लाचार।

shiftlessness n. निरुपाय स्थिति, साधनहीनता, युक्तिहीनता, अक्षमता, बेबसी, लाचारी।

shifty a. अविश्वसनीय, धूर्त, छली, कपटी, कपटप्रिय, छलिया, चालाक, धोखेबाज, चार सौ बीस, मक्कार, टालू, फरेबी, घिस्सेबाज, हजरत।

Shiism n. शिया मत।

Shiite दे० SHIAH.

shikar n. आखेट, शिकार।

shikaree, -ri, shekarry n. आखेटक, अहेरी, शिकारी; खिलाड़ीका नौकर।

shillelagh, -alah n. शाहबलूत या ब्लैकथॉर्नका आयरलैण्डका सोंटा, डण्डा।

shilling n. (ब्रिटेनका चाँदीका सिक्का), शिलिंग; *cut off* one's heir etc. *with a* ~ अपनी सम्पत्तिसे वंचित होना, फारखती देना; *take King's* or *Queen's* ~ सैनिकके रूपमें नाम अंकित कराना, फौजमें भर्ती होना (रँगरूटोंको भर्ती करनेका पुराना ढंग)।

shilly-shally १. n. अस्थिरता, दुचित्तता, चंचलता, किंकर्त्तव्यविमूढ़ अवस्था, दुविधा, अनिश्चयता, अनिश्चयवृत्ति, निश्चय करनेकी अक्षमता, असमंजस, सोच-विचार, आनाकानी, अगर-मगर; ढीली चाल; २. v. i. अस्थिर होना, दुविधामें पड़ना, अनिश्चित होना, सोच-विचारमें पड़ना, झिझकना, हिचकिचाना, आगा-पीछा करना, डाँवाडोल होना, अगर-मगर करना, पसोपेशमें पड़ना; ३. a. अस्थिर, दुविधाग्रस्त, अनिश्चित, चंचल, सोच-विचारमें पड़ा हुआ, डाँवाडोल।

shim १. n. पच्चर, फन्नी; पर्णी, परची; हेंगेकी छुरी; २. v.t. (फन्नीसे) सम करना, समतल करना, बराबर करना।

shimmer १. n. मन्द प्रकाश, टिमटिमाहट, लुपलुप, झलमलाहट; २. a. मन्द-मन्द चमकना, टिमटिमाना, झलकना, झलमलाना, चमचमाना, लुपलुपाना।

shimmering a. चमकीला, टिमटिमाता, लुपदुपाता।

shimmery a. ईषत्प्रकाशी, टिमटिमाता हुआ-सा, झलमलाता हुआ।

shimmy⊙ n. अनेक शारीरिक मुद्राओंवाला एक अमरीकी नृत्य, शिम्मी नाच; v. ऐसा नृत्य करना।

shin १. n. अग्रजंघा, जंघास्थिकी अग्रधारा; (~*-bone*) घुटनेके नीचे सामनेकी हड्डी, टाँगकी नली; २. v.t. & i. फुटबालमें प्रतियोगी खिलाड़ीकी नलीपर मारना, नलीमें ठोकर मारना; (पेड़, दीवाल, सीढ़ी आदि पर) चढ़ना, हाथों और टाँगोंके बल चढ़ना; ~-guard नलीरक्षक (जो फुटबाल खेलते समय पहना जाता है); ~ of beef गाय या बैलकी नली।

shindy n. उपद्रव, झगड़ा, दंगा, हंगामा, ऊधम, गड़बड़झाला, फसाद।

shine[1] n. द्युति, आभा, दीप्ति, कान्ति, ज्योति, प्रभा, प्रकाश, उज्ज्वलता, चमक, चमक-दमक, चमकीलापन, तड़क-भड़क, धूप, रोशनी (मुख्यतः बोल०); (ग्रा०) उत्तेजना, सनसनी, उपद्रव, जोश; झगड़ा, गुल-गपाड़ा, ऊधम, हलचल, शोरगुल, हंगामा, दंगा, फसाद; *put a good ~ on* boots etc. जूतोंपर खूब पालिश लगाना, चमकाना; *rain or ~* वर्षा या धूप; चाहे कैसा समय हो; *take a ~ to*⊙ (अमेरिकामें; ग्रा०) कल्पना करना, काल्पनिक चित्र बनाना, चाहना, सोचना; *take the ~ out of* कान्ति क्षीण करना, नवीनता कम करना, नयापन घटाना, चमक कम कर देना, फीका करना; पराभूत करना, हावी होना, किसीसे आगे बढ़ जाना, पीछे कर देना, मात करना।

shine[2] v.t. & i. प्रकाशित होना, दीप्तिमान् होना, उज्ज्वल होना, ज्योतित होना चमकना, झलकना, दमकना, जगमगाना (*face shone with soap* or *with gratitude*); (बोल०) कान्तियुक्त करना, चमकीला बनाना, चमकदार बनाना, चमकाना, पालिश करना (जूतों, चूल्हे, पीतल आदिको); कुशाग्रबुद्धि या सूक्ष्ममति होना, प्रतिष्ठित होना, विख्यात होना, प्रसिद्धि पाना, (किसी प्रकारसे या किसी क्षेत्रमें) आगे निकल जाना, श्रेष्ठतर होना, बढ़ जाना, तेज होना (*does not ~ in conversation*)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

shined ⊙ a. स्वच्छीकृत, साफ किया हुआ।

shiner n. मुद्रा, सिक्का; (pl.) सम्पत्ति, धन, पैसा, रुपया, माल, दौलत।

shingle[1] १. n. अष्ठील, छदिफलक, आयताकार काष्ठ-खण्ड, काष्ठफलक, काठकी आयताकार पटिया; छोटी परिचयपट्टिका या साइनबोर्ड ⊙; पीतलका प्लेट ⊙; आयताकार बाल; आयताकार या छत्तेदार बाल काटनेका ढंग; २. v.t. आयताकार काष्ठखण्डोंसे छत देना, बालोंको छत्तेदार बनाना या काटना (कि उनके सिरे आयताकार हो जावें)।

shingle[2] n. समुद्री ककड, बटिया, समुद्रतटकी वराटि-काएँ, गोल चिकने कंकड़, बट्टी, रोड़ा।

shingles n. (pl.) आधी कमरमें होनेवाला चर्मरोग-विशेष, कच्चा दाद।

shingly a. बट्टीवाला, ककड़ीला।

shininess n. चमक, चमकीलापन, चमचमाहट, चमक-दमक, तड़क-भड़क।

shining a. प्रकाशमान्, भासमान्, द्युतिमान्, भास्वर, चमकीला, चमकनेवाला (~ *surface*); तेजस्वी।

shinny n. शिनी, शिण्टी (स्काटलैण्डमें हाकीका एक खेल)।

Shinto n. जापानी धर्म (जो कि आंशिक रूपमें बौद्धधर्म-द्वारा हटा दिया गया), शिन्तो।

Shintoism n. शिन्तो धर्म, शिन्तो मत।

Shintoist n. शिन्तो मतानुयायी, शिन्तोधर्मी।

shinty, shinny n. स्काटलैण्ड और इंगलैण्डमें खेले जानेवाले हॉकीके खेलका एक प्रकार; उस खेलमें व्यवहृत गेंद या स्टिक।

shiny a. दीप्तिमान्, भासमान्, कांतिपूर्ण, चमकीला, चमकदार, चमकता हुआ, चमचमाता हुआ, चमचमाने-वाला, दमकता हुआ, रगड़ा या माँजा हुआ, पॉलिश किया हुआ (~ *hat*)।

ship[1]* n. जलयान, पोत*, जहाज*; बहुत बड़े आकार-का कोई समुद्री यान (*battle-~*); तरणी, नौका, नाव; वायुयान, विमान, हवाई जहाज ⊙; ~('s) biscuit जहाजी बिस्कुट (जो कड़ा होता है); ~ boy पोतपरका बालसेवक, जहाजपर बैरागीरी करनेवाला लड़का; ~-breaker पुराने जहाजोंको तोड़ने और उनके टुकड़ोंको बेचनेवाला, कबारी; ~-broker पोताभिकर्त्ता, पोतवणिक्, जलयान-मध्यग, पोत-विक्रेता, जहाज बेचने-वाला; जहाजी बीमा करनेवाला, जहाजी बीमाका एजेण्ट; ~-canal जहाजी नहर, जहाजोंको देशके भीतर ले जानेवाली नहर; ~-fever एक प्रकारका संक्रामक ज्वर, जहाजी बुखार; ~ goods ⊙ प्रेषण-सामग्री; ~-letter पोतानीत पत्र, जलयान-पत्र, जहाजी पत्र (जो डाक जहाजके अतिरिक्त किसी और जहाजसे ले जाया जावे); ~ master नौकाधिपति, पोताध्यक्ष, जहाजका कप्तान; ~mate साथी मल्लाह, जहाजके सहयात्री; ~-money पोतकर, जलयानशुल्क, जहाजकर; ~shape सुव्यवस्थित, सुव्यवस्थामें, अच्छे क्रममें, ठीकठाक, अच्छी हालतमें; ~'s husband (बन्दरगाहमें) जहाजका सौदा करनेवाला अभिकर्ता या दलाल या एजेण्ट, जहाजी दलाल; ~'s papers पोतप्रलेख, स्वामित्व या जातीयता या मालका रूप निर्धारित करनेवाला दस्तावेज, जहाजी दस्तावेज; ~-way एक प्रकार-का ढालू ढाँचा (जिसपर जहाज बनाया जाता और बादको समुद्रमें उतारा जाता है); ~wreck n. पोतभंग, नौभंग, नौभेद, पोतध्वंस, जलयानविनाश, जहाजकी तबाही; (ला०) ध्वंस, विनाश, नाश, बर्बादी, तबाही (*suffer ~wreck of* one's *hopes*); v.t. & i. ध्वंस करना, विनाश करना, नष्ट करना (शा० एवं ला०); (मनुष्य, आशाओं आदिका) विनाश होना, नाश होना, तबाही आना; ~wright पोतनिर्माता, जहाज-साज, जहाज बनानेवाला; ~yard पोतस्थल, जहाजका कारखाना; sister ~ साथी जहाज, एकरूप पोत, एक ही ढाँचेके जहाज; *a great ~ requires deep water* बड़ोंका बड़ा मुँह, बड़ोंकी बड़ी बात; *on ~board* जहाजपर चढ़कर या सवार; *~ of the desert* ऊँट; *~ the oars* डाँड़ रखना; *take ~* जहाजपर चढना, बैठना या सवार होना; *when my ~ comes home* जब मैं सम्पत्ति अर्जित करूँ, धन कमाऊँ, सफलता प्राप्त करूँ;

~-board, ~-borne radar, ~-bound, ~-broken, ~builder, ~building, ~ building plates, ~ captain, ~-chandler, ~-chandlery, ~ damage, ~ hold, ~-letter, ~ lizard, ~ load, ~man, ~-owner, ~ owning, ~ passengers, ~ receipt, ~-rigged, ~'s bill, ~'s certificate, ~'s clearance inwards, ~'s clearance outwards, ~'s company, ~ side, ~ side delivery, ~'s manifesto, ~smith, ~'s officer, ~'s papers, ~'s pass-port, ~'s protest, ~'s report, ~'s store bond, ~ stability, ~'s tackle, ~ timber, ~ tree, ~ voyage, ~ winches, ~ work, ~ worm, ~-wrecked goods.

ship[2] v.t. & i. (यात्रियों, नाविकों, मालको) जहाजपर रखना जहाजपर लादना या ले जाना, भरकर भेजना; (वाणि०) माल आगे बढ़ानेवाले दलालको सौंपना (ताकि जल या थलकी सवारीमें माल भेजा जावे); (नाविकका) जहाजका कर्मचारी होना, जहाजमें नौकरी करना; जहाजपर बैठना या सवार होना, जहाजपर जाना; अपनी जगह मस्तूल खड़ा करना, पतवार बैठाना या जमाना; ~ *a sea* (नाव या जहाजपर) समुद्रकी लहरों-का आना, बाढ़ आना, पानी भर जाना; ~ *oars* चप्पू या डाँड़ उतारकर नावमें रख लेना।

shipful n. पोतभर, जहाजका बोझाभर।

shipless a. पोतहीन, जलयानरहित, बेजहाज।

shipment n. नौभाण्ड, जहाजपर लादी गयी राशि,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

भेजी हुई सामग्री या माल ⊙; नौभरण, लदान, जहाजपर माल आदिकी लदाई।

shipped a. नौभृत, नौवाहित।

shippen, -on n. (मुख्यतः बोली०) गोठ, पशुशाला, गोशाला, मवेशीखाना।

shipper n. पौतिक, नाविक, पोतभारिक, समुद्री व्यापारी, जहाजी व्यापारी।

shipping १. n. नौभरण, नौवहन, पोत-परिवहन, (क्रियागत अर्थोंमें); समग्र जलयानसमूह, पोत, जहाज; २. a. पोत-सम्बन्धी, नौ-, नौवाहक; ~ agent नौवहन-अभिकर्ता, पोतवणिक्, जहाजी दलाल, बन्दरगाह आदिमें जहाज या जहाजोंकी पंक्तिपर काम करनेवाला व्यक्ति; ~-articles पोतसंविदा, जहाजके कप्तान और मल्लाहोंके बीच अन्तर्नियम, पारस्परिक निश्चय, समझौता, ठहराव, शर्तें; ~-bill जहाजसे भेजे हुए मालका बीजक, जहाजके मालकी बिल्टी;

~ business, ~ card, ~ charges, ~ charter, ~ company, ~ crew, ~ document, ~ freight, ~ master, ~ note, ~-office, ~ order, ~ period, ~ price, ~ schedule, ~ space, ~ value, ~ weight.

shippo n. जापानी पोतभार, तिजारती सामान।

shire n. मण्डल, जिला, शायर; ~ horse, -bred horse भारवाही अश्व, लद्दू घोड़ा, शायर घोड़ा; ~moot (मध्यकालीन इंग्लैण्डकी) पंचसभा, पंचायत; ग्राम-न्यायालय; the ~ काउण्टी मण्डल (जो कि हैम्पशायरमें डेवन-शायरतक फैला है)।

shirk १. n. दायित्व या कर्त्तव्य आदिसे बचनेवाला, कार्यत्यागी, कामचोर, अगचोर, धूर्त, चालबाज, छलिया; २. v.t. त्याग करना, त्याजन करना, (कर्त्तव्य, दायित्व, युद्ध आदिका) परिहार करना, नीचतापूर्वक छोड़ना, पलायन करना, कामचोरी करना, जी चुराना, भागना, खिसकना, पालन न करना, अंग बचाना, सटक जाना, हटना, मुँह चुराना, कन्ना काटना, जान बचाना।

shirker n. कर्मत्यागी व्यक्ति, कामचोर व्यक्ति, अंगचोर आदमी, धूर्त आदमी, चालाक आदमी।

shirky a. कर्मत्यागी, कामचोर, अंगचोर, धूर्त, चालाक।

shir(r) ⊙ १. n. वलिकुंच, कपड़े या पोशाककी चुन्नट; लचकदार या तनावदार महीन वस्त्रका किनारा या डोरी; कपड़ेमें बुना हुआ रबड़-जैसा तनावदार धागा; २. v.t. किसी कपड़ेमें समानान्तर धागे डालकर चुन्नट पैदा करना।

shirring n. चुन्नट डालना।

shirt* n. चोल, कुर्ता, कमीज*, कुर्ती; कड़े कॉलर और कफका स्त्रियोंका ब्लाउज; ~-front कमीजका आगा (प्रायः कड़ा और कलफ किया हुआ); ~-front wicket क्रिकेटमें गेंद देनेका बिल्कुल सच्चा और सीधा ढंग, डिकी; ~ waist ⊙ सूती ब्लाउज; *get* one's ~ *off* (ग्रा०) क्रुद्ध करना, अप्रसन्न बनाना, गुस्सा दिलाना, नाराज कर देना; *give* one *a wet* ~ इतना काम कराना कि वह पसीनेसे तर-बतर हो जावे; *in* one's ~-*sleeves* कमीजके ऊपर कुछ न पहिने हुए, केवल कमीज पहने हुए; *keep* one's ~ *on* (ग्रा०) संयम करना, चित्तपर नियंत्रण रखना, मिजाज काबूमें रखना; *near is my* ~, *but nearer is my skin* आत्मसुख प्रथम विचारणीय है, आप सुखी जगत सुखी, अपना सुख सबसे पहले; *put* one's ~ *on*, *upon* अपने ऊपरका सब कुछ दाँव पर रख देना, सब कुछ बाजीपर लगा देना।

shirted a. कमीज पहने हुए, कमीजपोश।

shirting n. कमीजका कपड़ा।

shirtless a. बिना कमीजके, बेकमीज।

shirty a. (ग्रा०) क्रुद्ध, अप्रसन्न, नाराज, गुस्सैल, चिड़चिड़ा, बदमिजाज।

shit १. n. पुरीष, गूह; २. v.t. हगना, टट्टी करना।

shive n. खण्ड, शकल, फाँक, टुकड़ा; काष्ठखण्ड, खपाची, बक्कल।

shiver[1] n. प्रकम्प, कम्प, कम्पन, कँपकँपाहट, कँपकँपी, झुरझुरी, थरथराहट, सीत्कार, थरथरी (*gives me the* ~*s*); २. v. i. ठण्डके कारण कम्पित या कम्पायमान होना, सीत्कार करना, दाँत बजना, काँपना, कँपकँपी छूटना, थरथराना, थर्राना।

shiver[2] १. n. (चोट लगने या गिरनेके कारण बिखरनेवाली चीजका) छोटा अंश, शकल, खण्डक, खण्ड, टुकड़ा, चूरा; २. v.t. & i. छोटे-छोटे खण्ड हो जाना, छोटे-छोटे टुकड़े कर देना, चूर-चूर करना या होना, तोड़ना, टूटना।

shiverer n. वेपथुमान व्यक्ति, कम्पमान व्यक्ति, थरथरानेवाला, काँपनेवाला आदमी।

shivery a. कम्पमान, कम्पनशील, काँपनेवाला, थरथरानेवाला।

shoal[1] १. n. सैकत, पुलिन, गाधस्थल, सैकत थल, छिछला किनारा, उथली जगह; (ला०, प्रायः pl.) अप्रकट बाधा, प्रच्छन्न बाधाएँ, लुप्त संकट, गुप्त सकट, छिपी रुकावटें, छिपे हुए खतरे; २. v.i. कम गहरा होना, छिछला या उथला होना, धीरे-धीरे कम हो जाना; ३. a. कम गहरा, छिछला (~ *water*)।

shoal[2] १. n. संघ, सघात, समुदाय, समूह, वृन्द, झुण्ड, जमघट, भीड़, ढेरके ढेर (~*s of people*); २. v. i. (मछलियोंका) समूह बनाना, झोलमें जमा होना, भीड़ लगाना, जमा होना।

shoaliness n. छिछलापन, उथलापन, कम गहराई; अप्रकट बाधापूर्णता, संकटपूर्णता, भयानकता।

shoaly a. पुलिनयुक्त, जलमग्न बालुकातटीय, उथली भूमिवाला; अप्रकटबाधापूर्ण, संकटग्रस्त, खतरेवाला।

shoat n. घेंटा, छौना।

shock[1]* n. आकस्मिक क्षोभ, विक्षोभ, आवेग (शरीर या मनका), धक्का*, सदमा (*news came upon me with a* ~); (निदान०) स्तब्धताकी अवस्था (*died of* ~); प्रचण्ड आघात, अभिघात, निर्घात, भयकर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

संघट्ट, जोरका धक्का या टक्कर, तेज झटका, जोरकी चोट ⊙; धमाका, धड़ाका (*three ~s of earthquake were felt*); राशि, चय; स्थिरता आदिपर आघात, प्रहार, चपत, चोट; संगठन या व्यवस्थामें बहुत बड़ा परिवर्तन, उपद्रव, दहल, उथल-पुथल, हलचल; ~ tactics जनसंघट्टको दबानेके लिए घुड़सवारोंका प्रयोग, घुड़सवारोंसे भीड़को डरानेकी नीति; ~-treatment संक्षोभ चिकित्सा, सहसोपचार: ~-troops सहसाक्रामक चमू, शत्रुओंपर आक्रमण करनेके लिए विशेष रूपसे प्रशिक्षित सैन्य टुकड़ियाँ।

shock[2] v.t. & i. स्तम्भित करना, स्तब्ध करना, आतंकित करना, विद्वेष जागृत करना, घृणा उत्पन्न कर देना, विक्षुब्ध करना. क्रुद्ध करना, क्रोध दिलाना, गुस्सा दिलाना, बिचकाना, चिढ़ाना, धक्का पहुँचाना, दहलाना, डराना, चोट पहुँचाना, धक्का देना, सदमा पहुँचाना; हिला देना; (का०) टक्कर मारना, टकराना, बहुत जोरसे टकराना; अति दारुण प्रतीत होना, कलंकपूर्ण लगना, घोर या प्रचण्ड लगना, नागवार होना, अच्छा न लगना, बुरा लगना।

shock[3] १. n. अनाजकी बारह पूलियोंकी राशि, उत्कर, चय, गंजी, गट्ठा (जो खेतमें खड़ा किया गया हो); २. v.t. अनाजको गट्ठोंमें बाँधना या जमाना।

shock[4] n. उलझी केशराशि, उलझे हुए बाल, बिखरे हुए बाल, झबरे बाल; (~-dog भी) झबरा कुत्ता; ~ head झबरे बालोंवाला सिर; ~-headed उलझे बालोंवाला, झबरा।

shocker n. (बोल०, किसी वस्तुका) निकृष्ट उदाहरण, बहुत बुरा नमूना; उत्तेजक सस्ता उपन्यास, हल्का उपन्यास; उद्वेगकारी।

shocking a. & adv. उद्वेगकर, उद्वेगकारी, स्तब्धकारी, दारुण, भीषण, भयंकर, अतिकुत्सित, रोमांचकारी, त्रासकारी, प्रचण्ड, निन्द्य, निन्दनीय, क्रोधकर, बीभत्स, बहुत बुरा, दहलानेवाला (~ *bad* बोल०)।

shockingness n. उद्वेगकारिता, स्तब्धकारिता, दारुण्य, भीषणता, त्रासकारिता, प्रचण्डता, बीभत्सता, दहल, दहशत।

shod SHOE[2] का भू० कृ० (*neatly ~ foot*)।

shoddy १. n. (देखने और कहे जानेमें अच्छी, पर वास्तवमें) घटिया, बुरी, बदतर चीज, बनावटी वस्तु, नकली चीज; पुराने कपड़ोंसे प्राप्त रेशा या सूत; इस प्रकारके सूत या रेशेसे बना हुआ घटिया कपड़ा; २. a. निकृष्ट, कृत्रिम, मिथ्याभिमानी, आडम्बरपूर्ण, असार, निरर्थक, घटिया, नाकारा, झूठा, नकली, बनावटी; धृष्ट, निर्लज्ज, ढीठ, निकम्मा।

shoe[1]* n. पादत्राण, उपानह, पादुका, जूता*, जूती; घोड़ेकी नाल, (आकार या काममें) नाल-जैसी वस्तु; ~black पालिश करनेवाला लड़का या आदमी; ~-buckle जूतेका बक्सुआ; ~horn जूते चढ़ानेका चप्पा; ~-lace, ~-string ⊙ जूतोंके फीते; ~-leather जूतोंका चमड़ा (*as good a man as ever trod ~-leather*); ~-maker चमार, मोची, जूतासाज; ~ tie जूतेका कामदार फीता; ~s-and-stockings एक प्रकारका तिपतिया पौधा; *be in* person's ~s वैसा कष्ट झेलना, समवेदना होना; *be in, step into,* one's or *a dead man's, ~s* किसीका स्थान ग्रहण करना, किसीका उत्तराधिकार पाना; *better wear your ~s than your bed clothes* बैठेसे बेगार भली; *dead men's ~s* मृत व्यक्तिकी सम्पदा या पद, उत्तराधिकार; *die in* one's ~s फाँसीकी मौत मरना; *put the ~ on the right foot* ईमानदारीसे अभियोग आरोपित करना, ठीक अपराध लगाना; *that's another pair of ~s* वह और ही बात है, कुछ और मामला है; *the wearer knows where the ~ pinches* जिसका दुःख वही जाने, कोई क्या जाने पीर परायी;

~-bill, ~-box, ~-boy, ~-brush, ~-dealer, ~-flower, ~-making, ~man, ~-pack, ~-scraper, ~-shine, ~-shop, ~smith, ~-store, ~-tree.

shoe[2] v.t. जूता पहनाना, जूता फिट करना; घोड़ोंको नाल लगाना, नाल बाँधना; शाम चढ़ाना।

shoeless a. नंगे पाँव, बिना जूतोंके; बेनाल।

shoer n. नालबन्द, नाल लगानेवाला।

shofar n. (बजानेमें प्रयुक्त) मेष-शृंग, भेड़का सींग, सींगा।

shog[1] n. आघात, चोट, धक्का।

shog[2] v.t. आघात पहुँचाना, चोट पहुँचाना, धक्का लगाना; प्रयाण करना, प्रस्थान करना, चल देना, खिसक जाना।

Shogun n. (उपाधि) जापानका सेनानायक, जापानी सेनापति, शोगुन (१८६८ ई० तक)।

shone SHINE का भू० कृ०।

shoo १. v.t. & i. चिड़ियोंको डरानेके लिए आवाज करना, शू करके भगाना; लौटाना, डराना; २. int. 'शू'! हुश!

shook[1] १. n. पीपेकी अलग-अलग पटिया आदि टुकड़े (कि जब चाहें, पीपा तैयार कर सकें); २. v.t. पीपेके इन भागोंको एक ही स्थानपर बाँधना या कसना।

shook[2] SHAKE[2] का भूतकालिक रूप।

shool v. i. मन्द गतिसे जाना, चुपके-चुपके चलना, धीरे धीरे टहलना; भिक्षा-याचना करना, भीख माँगना; (परान्नभोजी रूपमें) किसीपर आश्रित रहना।

shoon n. pl. SHOES का प्राचीन रूप।

shoot[1] n. निशानेबाजीका अभ्यास, लक्ष्य, मार; लक्ष्यवेधन अभ्यास, लक्ष्यवेध अभियान, लक्ष्यवेधी दल, निशानेबाजोंकी टोली; लक्ष्यस्थान, चाँदमारीकी जगह; उद्भिद्, प्रशाखा, प्ररोह, अंकुर, किसलय, पल्लव, नवपल्लव, कोंपल, कली; तीव्र धारा, तीव्र प्रवाह या लहर, तेज धारा; ढाल, ढलान; अतिवेदना, टीस।

shoot[1] v.t. & i. (बन्दूककी बारूद या गोलीसे मनुष्य,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

पशु आदिका) वध कर डालना, घायल करना, मार डालना, उड़ा देना; (किसी भूखण्डपर बन्दूकसे) शिकार मारना, शिकार खेलना; बन्दूक आदिका अच्छा प्रयोग करना; बन्दूकसे गोली छोड़ना, गोली मारना, गोली दागना, (धनुष, बन्दूक आदिसे) तीर गोली आदि छोड़ना, बन्दूक चलाना, बन्दूक दागना, निशाना लगाना; (बन्दूकसे) गोलीका निकल जाना, छूटना; अस्त्रका सीधा उड़ना, तीरका सीधा छूटना (*fool's bolt is soon shot*); फूट पड़ना, बाहर निकलना, उग आना, निकल आना (*mountain-spur, cape, ~s out*); अंकुरित होना, अंकुर फूटना, कोंपल आना; बलपूर्वक या शीघ्रतासे निकलना, तेजीसे निकल जाना, बाहर आना, वेगसे उठना, ऊपर आना, आगे आना, झपटना (*boats ~ out from the creek*); जल्दी और तेजीसे बाहर छोड़ना, फेंकना, आगे धकेलना, निकालना, ठेलना या बढ़ाना (*passengers were shot out of coach*); बलपूर्वक निक्षेप करना; (अमरीकामें) (प्रा०) कहिये आप क्या कहना चाहते हैं, उगलिये, चलिये; (लकड़ीका हल्का काम) पटिया या तख्तेके किनारेको रन्देसे चिकना करना, एक-सा करना, चौरस करना (*~ edges*); (नावको पुल-के नीचेसे या तेज धारमेंसे) तेजीके साथ निकाल ले जाना; (फुटबाल, हाकीके खेलमें) गोल मारना, गोलकी ओर शूट मारना, गेंद से गोल पर निशाना मारना; (p. p.) (रंगीन सूत, रेशम आदिका) झिलमिल बुना हुआ होना (ऐसा कि भिन्न कोणोंसे देखनेपर वह भिन्न ही रंग दिखाता हो, *crimson, shot with maize-colour*); (सिनेमाकी मशीनसे) छायाचित्र या फोटोग्राफ लेना; *corn ~s* अनाज फूट आया है; *cricket-ball ~s* क्रिकेटकी गेंद झपसे जाती है, झपटती है; *prices shot up* मूल्य एकाएक चढ़ गये हैं, कीमतें चढ़ गयी हैं; *~ ahead* तेजीसे प्रतियोगियोंके आगे निकल जाना, खिलाड़ियोंमें बढ़ जाना; *~ a match* गोली चलाने या निशानाबाजीकी प्रतियोगितामें सम्मिलित होना; *~ fishing-net* (नदीके आर-पार) मछलीका जाल फैलाना; *~ Niagara* किसी संकटपूर्ण साहसिकताका निश्चय करना, जोखिमके कामका बीड़ा उठाना; *~ one's linen* हाथ झटककर चूड़ियाँ दिखाना; *~ out one's lips* (प्रा०) घृणा या विद्वेष व्यक्त करना, मुँह चिढ़ाना या बनाना; *~ rubbish* etc. (गाड़ी या कूड़ादानसे) कूड़ा गिराना; *~ the cat* कै करना, उल्टी करना; *~ the moon* (प्रा०) रातोंरात सामान हटा लेना (ताकि किराया न देना पड़े); *~ the sun* (नौवि०) (कोणकी दूरी नापनेवाले यन्त्रके द्वारा मध्याह्नके समय) सूर्यका उन्नतांश लेना; *tooth ~s* दाँतमें थोड़ी-थोड़ी पीड़ा होना; *trees ~ out branches* पेड़ोंमें शाखा-प्रशाखाएँ फूटती हैं।

shootable a. आखेटके योग्य, शिकारके लायक; लक्ष्य करने योग्य, निशाना बनानेका; अंकुरित होने योग्य, फूटने योग्य।

shooter n. वेधी आदि क्रियागत अर्थोंमें; उत्स्फोटक; गोली मारनेवाला, बन्दूक चलानेवाला, निशानेबाज; (संयो०) लक्ष्यवेध यन्त्र, निशानेबाजीका गोला; (क्रिकेट) तेज गेंद; नावको तेज धारसे ले जानेवाला।

shooting १. n. (क्रियागत अर्थोंमें); लक्ष्यवेध, बाण-निक्षेप, वेधन, शरत्याग, शरप्रक्षेप, आखेट, मृगया, शिकार, बन्दूक चलाना, तीरन्दाजी, निशानेबाजी इत्यादि; शिकार-के लिए किरायेपर दिया हुआ भूखण्ड; वेदना, टीस; २. a. प्ररोही (*~ branch*); शिकारी (*~-coat, boots*); *~*-box आखेट-वास; *~*-iron आग्नेयास्त्र, तोप बन्दूक आदि; *~*-range चाँदमारीका मैदान; *~* star उल्का; *~* war अस्त्र-शस्त्रोंका महायुद्ध, तोप-बन्दूककी लड़ाई; *child is ~ up* बच्चा बढ़ता जा रहा है, ऊँचा होता जा रहा है, पनपता है;

~ blocks, *~* bucket, *~* licence, *~* party, *~* pass, *~* permit, *~* rules, *~* season, *~* star, *~* stick.

shop १. n. विपणि, आपण, विक्रयालय, विक्रयगृह, विक्रयशाला, बिक्रीघर, दुकान (*fruit-~*); निर्माणगृह, उत्पादनशाला, मरम्मतघर, कारखाना (*engineer-ing-~*); (प्रा०) उद्योग, व्यवसाय, व्यापार, पेशा, कारो-बार, रोजगार, तिजारत; व्यापारिक वस्तुएँ, व्यापरी बातचीत; २. v.t. & i. सौदा लेना, सामान खरीदना, दुकानपर जाना; (प्रा०) बन्दी बनाना, जेलमें डालना, कैद करना; (मुखबिरका) किसीको बन्दी कराना, कैद कराना; *~* board गद्दी; दुकानदारकी मेज; बेंच (जिसपर दर्जी बैठकर काम करते हैं); *~*keeper आपणिक, वणिक, बनिया, दूकानदार; निर्माणगृहस्वामी, कारखानेदार, कारखानेका मालिक; *~*-keeping दुकानदारी; *~*-lifter चोर ग्राहक, उठाईगीर; *~*man दुकानदार या उसका सहायक; *~*-steward किसी कारखानेके कर्मचारियों द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधि (जो उनके और अधिकारियोंके बीच कारकुनका काम करता है); *~*walker दुकानके लिए फेरी द्वारा ग्राहकोंको माल दिखानेवाला एजण्ट; *~*-woman दुकानदारिन; *~*-worn दुकानमें बार-बार दिखाये जानेके कारण मैली या खराब हुई; *all over the ~* (प्रा०) अव्यवस्थित, अव्यवस्थामें, इधर-उधर, तितर-बितर, हर ओर, बुरी तरहसे, बेढंगेपनसे (*have looked for it all over the ~*); *shut up the ~* काम बन्द करना, काम रोक देना, दुकान बढ़ाना, दुकान उठाना; *sink the ~* व्यवसाय आदिकी बात न करना, अपना व्यवसाय या पेशा छिपाना, कारबारके सम्बन्धमें बात करनेसे कतराना; *the other ~* विरोधी संस्था;

~ account book, *~* assistant, *~*-book, *~*-boy, *~*-breaker, *~* construction loans, *~*-deputy, *~*-girl, *~* licence, *~*-maid, *~* mark, *~* mate, *~* pass book, *~* rent, *~*-site, *~*-soiled, *~* talk, *~* valuation register, *~* wear, *~* window.

shophar n. = SHOFAR.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

shopocracy n. वणिकतन्त्र, आपणिकतन्त्र ।
shopper n. विपणिक, आपणिक; क्रेता, खरीदार ।
shopping n. बिक्रीके लिए जाना. सौदा खरीदना ।
shoppy a. व्यावसायिक, व्यापारिक, व्यापार-विषयक, व्यवसाय-सम्बन्धी दुकानी, कारोबारी, रोजगारका ।
shore[1] n. कूल, उपकूल, वेला, समुद्रतट, तीर, किनारा, छोर, साहिल; (क़ानून) तटीय क्षेत्र. किनारेका भूमिभाग; ~ boat तटीय नौका, किनारेपर या उसके पास-पास चलनेवाली नाव; ~ leave तटयात्रा-अवकाश, तटपर टहलनेके लिए छुट्टी; *in* ~ समुद्रतटके समीप, पास ही पानीके ऊपर या पानीमें;
~ crab, ~ delivery, ~ line, ~ seine.
shore[2] १. n. आधार, टेक, टेकन, सहारा, थूनी, पेड़, दीवाल, (जहाज आदिके लिए सहारा देनेवाला) स्तम्भ; २. v.t. टेक लगाना, सहारा देना, थूनी लगाना ।
shoreless a. कूलहीन, समुद्रतटहीन, बिना किनारेके, बेछोर ।
shoreward a. & adv. तटकी ओर, किनारेकी तरफ; तटकी ओरका ।
shoring n. टेकबन्दी, टेक लगानेका कार्य, थूनी देनेका काम ।
shorling n. (जीवित भेड़की उतारी) खाल या ऊन ।
shorn a. छिन्न, विच्छिन्न, भाजित, विभक्त, विभाजित; (से) वंचित, रहित; SHEAR का भू० कृ० ।
short[1] १. n. ह्रस्व अक्षर, ह्रस्व स्वर या लघु अक्षर; ह्रस्व स्वर-द्योतक चिह्न; (pl. खिलाड़ियों, लड़कों, स्काउटों द्वारा पहना जानेवाला) नैकर, घुटन्ना, जाँघिया, हाफपैण्ट; लघु विद्युत् परिपथ; लघु चित्र, छोटा सिनेमा, छोटी फिल्म; २. v.t. (बोल०) छोटा चक्र या लघु मण्डल बनाना या खींचना; लघु विद्युत् परिपथ बनाना ।
short[2]* a. अल्प, अल्पकालिक, अल्पकालीन, संक्षिप्त, ह्रस्व, कम, लघु, छोटा*, थोड़े समयका (*a ~ time ago*); अविस्तीर्ण, अनतिदीर्घ; लघु, वामन, छोटा, नीचा, कम ऊँचाईका, नाटा, ठिगना, छोटे कदका (मनुष्य, मीनार, चिमनी आदि); अपर्याप्त, अपूर्ण, त्रुटि-पूर्ण, न्यून, रहित; अल्पार्थी, निम्न श्रेणीका, निम्न कोटिका; एकाएक समाप्त होनेवाला; अविस्तृत, सीमित, थोड़ेमें; असभ्य, ओछा; कटु; अन्तःकुपित, क्रोधके कारण मौन, गुस्सेमें चुप; (ध्वनि०, छन्द; स्वर या अक्षर-सम्बन्धी) ह्रस्व; (प्रच०) स्वराघातहीन, ह्रस्व, लघु (स्वर); भुरभुरा, कुरकुरा, करारा, खस्ता; (हुण्डी-विनिमय आदि; स्टाक, माल, उपजोंके सम्बन्धमें) विक्रीत, बेचा हुआ या बेचता हुआ; ~bread, ~cake मैदा, मक्खन और चीनीकी बनी सूखी खस्ता डबलरोटी या केक; ~ circuit लघु विद्युत् परिपथ, बिजलीके धाराप्रवाहकी छिन्न स्थिति (जब धारा पृथ्वीमें चली जाती है); ~-coming अभाव, न्यूनता, त्रुटि, दोष, छिद्र, अपराध, कमी, खोट, कसर, ऐब; ~ cut संक्षिप्त उपाय; ~ drink एक प्रकारकी मिश्रित मदिरा (जो खानेके पूर्व ग्रहण की जाती है); ~fall त्रुटि, कमी; ~hand आशुलिपि, शीघ्रलिपि, शीघ्रलेखन, त्वरालिपि, त्वरालेखन, शॉर्टहैण्ड; ~handed अपर्याप्त कर्मचारियोंवाला, कम कारीगरों-वाला; ~horn लघुशृंग, छोटे सींगवाले (पशु); ~-lived अल्पकालिक, अल्पजीवी, अल्पायु, क्षणस्थायी, क्षणभंगुर, क्षणिक, थोड़े समयका; ~ range छोटी चाँदमारी; ~ sight अल्प दृष्टि, अदूर दृष्टि, संकीर्ण दृष्टि; ~-sighted अदूरदर्शी, निकटदर्शी, अल्पदृष्टि; ~-sightedness अदूरदर्शिता, निकट दृष्टि, अल्प दृष्टि; ~-spoken संयतभाषी, संक्षेपभाषी, अल्पभाषी, कम बोलनेवाला; ~ story लघु कथा, छोटी कहानी; ~-tempered उग्र, क्रोधी, संयमहीन, चिड़चिड़ा, तेज मिजाज; ~-term अल्पकालिक; ~ waist ऊँची चोली, लिबासकी छोटी कमर; ~ wind जल्दी ही फूल आनेवाली श्वासशक्ति; दूर तक दौड़नेकी अक्षमता; (ला०) (बहुत समय तक बात करने या लिखनेकी) अक्षमता, अयोग्यता; *are ~ of hands* पर्याप्त कर्मचारियोंकी कमी है; *a ~ sea* छोटी-छोटी शान्त लहरें; *a ~ ten miles, mile, hour*, etc. दस मील, एक मील, एक घण्टेसे; *be, taken, ~* एकाएक दस्त निकल जाना; *come ~* निराश कर देना, आशाको निराशामें परिवर्तित कर देना, हताश कर देना; समुचित विकासको न पाना; कर्त्तव्यपालनमें असफल होना; *cut ~* स्वाभाविक समयके पूर्व ही अन्त कर देना, एकाएक बन्द कर देना; *fall ~* अपर्याप्त होना, कम होना, थोड़ा पड़ना; *in ~* संक्षेपमें, थोड़े शब्दोंमें; *make ~ work of* अन्त करना; *run ~* कम पड़ जाना; *something ~* मदिराका एक घूँट, शराबकी एक चुस्की; *stop ~* अन्त तक न जाना, एकाएक रुक जाना, एकदम थम जाना, बीचमें ही रह जाना; *take ~ views* केवल वर्तमानपर ही विचार करना, दूरकी न सोचना; *took him up ~* बाधा डालना या रोकना, बीचमें टोकना; *was very ~ with me* अशिष्ट, असभ्य;
~ account, ~-armed, ~ break, ~-celled, ~-circuiting, ~-columner, ~ course, ~-cycle, ~ delivery, ~ distance, ~ division, ~-eared, ~-faced, ~-haired, ~ head, ~ hundredweight, ~ interval, ~-leaved pine, ~ levy, ~ line, ~ loan, ~ money, ~-necked, ~-nosed fruitbat, ~ notes, ~ notice, ~ payment, ~ period, ~ price, ~ range navigation, ~ season crops, ~ service officers, ~ sights, ~ stock, ~-tail, ~ time, ~ title, ~-toed, ~-tongued, ~ vacancy, ~ variables, ~ voyage, ~-waisted, ~ wave, ~-winged, ~-witted.
short[3] adv. आकस्मिक रूपसे, स्वाभाविक या अभीष्ट समयके पूर्व; संक्षेपमें, थोड़ेमें, जल्दीमें, एकदम, एकाएक ।
shortage n. अल्पता, न्यूनता, कमी, घाटा (*there is no ~*) ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

shorten v.t. & i. अल्पीकरण करना, लघु या संक्षिप्त करना, कम करना या होना, उतारना या उतरना, घटाना या घटना, काटना या कटना, छोटा करना या होना, काट कर लेना, निकाल लेना, कटौती करना, छाँटना या छँटना; जहाजके पालोंकी संख्या कम कर देना या घटाना; बच्चेको छोटे कपड़े पहनाना।

shortening n. घी, मक्खन, चरबी; मोई; अल्पीकरण, लघुकरण; बच्चेको जाँघिया पहनाना।

shortish a. अल्प-सा, संक्षिप्त-सा, क्षुद्र-सा, तुच्छ-सा, लघु-सा, छोटा-सा, नन्हा-सा, जरा-सा।

shortly adv. अचिरात्, अचिरेण, शीघ्र ही, अल्पकाल-में, थोड़ी देरमें, जल्दी ही. बहुत जल्दी, झटसे, बस अभी, करीब ही: संक्षेपमें, थोड़ेमें, कुछ ही शब्दोंमें।

shortness n. (समयकी) न्यूनता, अल्पता, कमी; लघुता, ह्रस्वता, वामनता, निचाई, ठिगनापन, छोटापन, छोटाई; अभाव, थोड़ापन; घटी, कमी, घाटा, तंगी, कसर; संक्षेप, संक्षिप्तता; करारापन; स्वराघातहीनता; अशिष्टता।

shot[1] १. n. (pl. -*s*) गुलिका, गुटिका, बन्दूककी गोली, तोपका गोला (*round* ~); छरा, छर्रे, छर्री (~ *does* or *do well for cleaning decanters*); गोली या अस्त्रसे प्रहारके लिए लक्ष्य-साधन, निशाना मारनेका प्रयत्न, निशानेबाजी; विषय, लक्ष्य, मार (*bow, rifle, ear,* -~);(ला०) खेलमें हाथ या दाँव, अनुमान या किसी कामको करनेका प्रयास, प्रयत्न (*at each* ~ *he was nearer the bull's-eye*); (बन्दूक या तोप आदिका) क्षेप, फैर, फायर, निशाना (*several* ~*s were fired, heard,* etc.); लक्ष्यवेधी, लक्ष्य-भेदकारी, (बन्दूक, तोप, पिस्तौल आदि) चलानेमें दक्ष, निशानेबाज (*is a good* ~); कोकीन (अफीमका सत)की मात्रा, मर्फियाका इंजेक्शन (सुई); (बोल०) तेज शराबका छोटा घूँट या ड्राम; सिनेमाके कैमरासे लिया गया चित्र; २. v.t. गोली या छर्रे भरना, गोला भरना; chilled ~ अभिशीतित गुलिका, बुझायी हुई गोली, कवचको फोड़ देनेवाली फौलादी गोली; flying ~ उड़ती हुई चिड़िया या किसी वस्तुपरका निशाना, हवाई निशाना; ~-proof गोलीरक्षक, गुलिकारोधी, गोलाप्रतिरोधक, गोला-रोक, गोली आदिसे बचानेवाला; ~-tower गोली या छर्रे बनानेकी मीनार (जिसमें पिघला हुआ सीसा छलनियोंमेंसे निकलकर पानीमें गिरता है); *made a bad* ~ गलत अनु-मान या अन्दाज किया, गलत सोचा; ~ *to death* ⊙ जानसे मार डाला गया।

shot[2] n. मदिरालय आदिका हिसाब या बिल (देयक) (*pay* one's ~)।

shott n. (उत्तरी अफ्रीकामें) लवणीय तड़ाग, नमकका सरोवर, उथली नमकीन झील।

shotten a. स्थानान्तरित, गायब, खिसका हुआ।

shough n. आघात, चोट, धक्का।

should SHALL का भू० का०।

shoulder १. n. स्कन्ध, अंस, कन्धा, काँधा, काँध, मोढ़ा, खवा; (~-*joint* भी) भुजशिर, भुजवट, भुजमूल; (pl.) कन्धे, पीठपरका ऊपरी भाग; (कटे हुए पशुकी) आगेकी टाँगोंवाला भाग, पुट्ठा (*lay the blame, burden,* etc. *on the right* ~*s*); भार-वाही या बोझा ढोनेवाला शरीर; बोतल, औजार, पहाड़ आदिका कन्धे जैसा निकला हुआ भाग, उभार, उठाव; आधार, सहारा, आड़, टेकन, टेक; (सेना०) बन्दूक आदि-को कन्धेपर रखे हुए सैनिककी अवस्था, बन्दूक उठानेका पैंतरा; २. v.t. & i. कन्धे मारकर रास्ता निकालना, घुस-पैठकर आगे बढ़ना, धक्का देना, कन्धोंसे धकेलना, धकियाना; (शा० एवं ला०) दायित्व ग्रहण करना, भार ग्रहण करना, कन्धोंपर उठाना या लेना, कन्धोंपर बोझ सँभालना, जिम्मेदारी लेना; ~-belt अंसबन्ध, कन्धेका पट्टा, परतला; ~ blade स्कन्धास्थि, असफलक, कन्धेका जोड़, कन्धेकी हड्डी, मोढ़ा; ~-brace बच्चे आदिकी पीठ या कन्धोंको सीधा करनेका अड़वाल; ~-height कन्धेके बराबर ऊँचाईवाला; ~-pegged अकड़े हुए कन्धेवाला (घोड़ा); ~-strap कन्धेका पट्टा या बिल्ला (जिसपर सिपाहीकी रेजीमेण्टका नाम या नम्बर लिखा रहता है); ~-of-mutton sail मस्तूलके-पीछे लगाया हुआ तिकोना पाल; *has broad* ~*s* दृढ़ है, मजबूत है; दायित्वग्रहणशील,भार ग्रहण करनेमें समर्थ, जिम्मेवार है; *old head on young* ~*s* अतिविवेकी या बुद्धिमान् युवा पुरुष, युवावस्थामें भी विवेक या बुद्धिमत्ता; *put, set,* ~ *to wheel* उद्योग करना, प्रयत्न करना; ~ *arms* (पैंतरा) धजसे कन्धेपर बन्दूक रखकर खड़े हो जाओ; ~ one *out* बाहर निकालना; ~ *to* ~ सहयोग करते हुए, एक-दूसरेका साथ देते हुए, कन्धेसे कन्धा मिलाये हुए; *straight from the* ~ कटूक्ति, कड़ी बात, मुँहतोड़ जवाब, सीधी चोट, खरा घूँसा।

shout १. n. चीत्कार, कोलाहल, उत्क्रोश, नारा, पुकार, चीख, चिल्लाहट, शोर; सिंहनाद, घोष, निनाद, हर्षनाद; २. v.t. & i. चीत्कार करना, कोलाहल करना, ऊँचे स्वरसे बोलना, पुकारना, चीखना, चिल्लाना, जोर-जोरसे बोलना, शोर करना (~*ed with laughter*); उच्च स्वरमें बात करना, पुकारकर कहना, पुकारना, चिल्लाकर बोलना, बुलाना, जोर-जोरसे कहना या बोलना (~*ed that the coast was clear*); *all is over but the* ~*ing* खेल खतम पैसा हजम, खेल समाप्त हुआ केवल शोर रह गया; *my* ~ (ग्रा०) मित्रोंके लिए शराब इत्यादि मँगानेकी मेरी बारी है; ~ *at* चीख उठना, टूट पड़ना; चिल्लाकर बोलना, डपटना, डाँटना।

shouter n. चीत्कर्ता, कोलाहलकर्ता, पुकार करनेवाला व्यक्ति, चिल्लानेवाला व्यक्ति, शोर करनेवाला आदमी।

shove १. n. धक्का, बढ़ावा, ठेला, रेला; सारण, अपसारण; सनके पेड़के तनेका डण्ठल; २. v.t. & i. धक्कमधक्का करके आगे बढ़ाना, घुस-पैठकर आगे बढ़ाना, सरकाना, (किसीको) धकियाना; (बलपूर्वक)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

धक्का देना, धकेलना, जोरके धक्केसे हटाना, रेला देना, दबाना, ठेलना; (बोल०) कहींपर रख देना, डालना *~ it in the drawer*); *give* one *a ~ off* चलाना, सहायता करना; *~ off* नावमें किनारेसे प्रस्थान करना या रवाना होना, किश्ती बढ़ाना।

shovel १. n. खनित्र, फावड़ा, कुदाल, बेलचा; २. v.t. (कोयला इत्यादिको) बेलचेसे उठाना या हटाना; *~ hat* चौड़े किनारेकी टोपी (जिसे कि इंग्लैण्डके राजधर्मके विशिष्ट अधिकारी पहनते थे); *~ food into* one's *mouth* मरभुखोंकी तरह खाना, भखना, ठूँसना, लीलना;

~-beaked, ~-bladed, ~fish, ~-footed, ~-handed, ~ head, ~-headed, ~ maker, ~ making, ~-shaped.

shovelboard n. जहाजके डेकपर खेलनेका एक प्रकारका खेल (जो कि रेखा खींचकर चौक बनाकर गोटोंसे खेला जाता है)।

shovelful n. (pl. *-s*) फावड़ाभर, बेलचाभर।

shoveller n. (क्रियागत अर्थोंमें) करछा या बेलचा चलानेवाला; खातहंसक, चम्मच-सी चोंचवाली बतख।

shover n. धक्केबाज, बढ़ावेदार, रेला देनेवाला व्यक्ति; पेल देनेवाला आदमी।

show[1] n. बाह्य रूप, प्रकट प्रभाव, आडम्बर, दिखावा, चमक-दमक, बाहरी तड़क-भड़क, बनावट; धूमधाम, ठाठ-बाट, टीप-टाप, टीम-टाम (*there is a ~ of reason in it*); प्रदर्शन, दिखाना, (*voted by ~ of hands*); दृश्य, दर्शनीय वस्तु, प्रदर्शनी, आडम्बर, दिखावा, नुमायश, लीला, कौतुक, तमाशा, नजारा (*a fine ~ of blossom*); (बोल०) कोई सार्वजनिक मनोरंजन, विनोद, खेल, शो; (आ०) अभिनय करने या काम कर दिखाने या अपनी सफाई पेश करनेका अवसर (*had no ~ at all*); (आ०) व्यापार, संगठन, व्यवस्था, कारबार, बड़ा काम, ठेका, कारखाना; (धात्री०) प्रसववेदनाके पूर्वका गर्भका बाहर आना सूचित करनेवाला स्राव या सफेदी; ~-bill खेल या शो-का विज्ञापन-पत्र, खेल तमाशेका इश्तिहार; ~boat प्रदर्शन-नौका, स्टीमर (जिसमें नाटक इत्यादि होते हैं); ~-box खेल दिखानेवालेका सन्दूक; ~-card दुकानदारका प्रचार करनेवाला कार्ड, नमूनेका कार्ड, शो कार्ड; ~-case (शीशा जड़ा हुआ वस्तुओंको सजाकर रखनेका) नुमायशी सन्दूक, शो केस; ~-down (ताशके पोकर खेलमे) पत्तोंको चित्त रखना, खोल देना; (ला०) सम्भावनाओं या सिद्धियोंका उद्घाटन या प्रकटीकरण, बलपरीक्षण, अन्तिम परीक्षा; ~-girl शृंगारमयी अभिनेत्री (जिसका पार्ट अभिनयकी अपेक्षा शृंगार करनेका हो); ~-ground प्रदर्शन-स्थल, खेल दिखानेका मैदान; ~man वन्यपशुओंके खेल सरकस आदिका व्यवस्थापक या मैनेजर; ~manship प्रदर्शन-दक्षता, सरकसके खिलाड़ीकी कला; (ला०) अपनी सुनिर्मित वस्तुओं या अपने-आपके प्रदर्शनकी क्षमता; *~ of hands* हाथ उठाकर दिया गया मतदान या वोट; ~-place दर्शनीय स्थान, देखने योग्य जगह; ~-yard पशुप्रदर्शनका स्थल; *give away the ~* रहस्य प्रकट करना, छल प्रकट करना, पोल खोलना, बनावटीपन हटा देना।

show[2] v.t. & i. प्रदर्शित करना, प्रदर्शनी करना, उद्घाटित करना, प्रस्तुत करना या दिखानेको रखना, प्रकाश करना, प्रकट करना, प्रकाशित करना, अभिव्यक्त करना, व्यक्त करना, दिखाना, खोलना, जाहिर करना, (व्यवहार या बर्ताव) बतलाना, दिखा देना, करना (*an aperture ~s the inside*); प्रत्यक्ष होना, प्रकट होना, साक्षात् होना, दर्शनीय होना, दृश्य होना, दृष्टिगत होना, दृष्टि पड़ना, सार्वजनिक रूपसे प्रकट होना, जनतामें आना, सामने आना, शोभा देना, दिखाई देना, नजर पड़ना, नजर आना, सोहना, निकलना, सामने आना (*the blood ~s through her skin*); प्रदर्शित करना, प्रमाणित करना, सिद्ध करना, विवृत करना, प्रतिपादन करना, व्याख्या करना, लक्ष्य करना, निर्देश करना, संकेत करना, साबित करना, बताना, समझाना (*has ~n the falsity of the tale*); प्रदर्शन करना, दिखावा करना; तमाशा करना, मार्ग प्रदर्शित करना, ले जाना, रास्ता दिखाना (*~ed us round the house*); *has nothing to ~ for it* सिद्धिका कोई लक्षण नहीं, सफलताका कोई चिह्न दिखानेको नहीं; *on your own ~ing* आपके ही मनसे या विचारसे, आपके स्वयंके शब्दोंसे ही; *run the ~* प्रबन्ध करना, चलाना; *~ a leg* बिछौनेसे उतरना, बिस्तरसे उठना; *~ fight* संघर्षके लिए उतारू होना, लड़नेको तैयार होना, लड़ पड़ना, भिड़ जाना, मुकाबला करना, न झुकना; *~ forth* प्रदर्शित करना, उद्घाटित करना, प्रतिपादन करना, व्याख्या करना, व्यक्त करना, प्रकट करना; *~ off* आडम्बर करना, सुन्दर बनाकर दिखाना, सुहावना बनाना, दिखावा करना; अपने चातुर्य या सम्पदाका प्रदर्शन करना, कौशल या धन-प्रदर्शनसे चमत्कृत करना; *~ one's hand* (मूल० ताशोंमें) अपनी इच्छा प्रकट करना, इरादा जाहिर करना; *~ thing the fire* थोड़ा गरमाना, आँच दिखाना; *~ up* स्पष्ट दृष्टिगत होना, स्पष्टतः दर्शनीय होना, अच्छी तरह दिखाई देना, प्रकट होना, सामने आना; रहस्य खोलना, भेद प्रकट करना, धूर्तता प्रकट करना, पोल खोलना।

shower[1] n. प्रदर्शक, दिखानेवाला।

shower[2] १. n. वृष्टि, वृष्टिपात, वर्षापात, छींटा; धारासार, फुहार, झींसी, झड़ी, बौछार; (तीरों, गोलियों, पत्थरों और ओलेकी) बौछार, भरमार, धूलका झोंका; (ला० भी, *a ~ of gifts*); २. v.t. & i. फुहारमें आना; (तीर, गोली, पानी आदिकी) झड़ी लगाना, बौछार करना, उपहारोंकी वर्षा या बौछार करना, छिड़कना; ~-bath धारागृह, फुहार या बौछारसे नहानेका स्नानागार, फुहार-स्नान।

showered a. बौछारवाला, फुहारा किया हुआ

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ *with* ⊙ प्राप्त; ~ *with stone* ⊙ पत्थरोंसे पीटा गया, जिसपर पत्थरबाजी की गयी हो।

showeriness n. बौछारपन, फुहारयुक्तता, फुहारीपन।

showery a. बहुधार, बौछार या फुहारयुक्त, बौछारी, फुहारी; बरसाती।

showiness n. बाह्य प्रदर्शन, आडम्बरप्रियता, आडम्बर, दिखावा, दिखावटीपन, ठाठ-बाट, तड़क-भड़क, टीम-टाम।

showing a. दिखाऊ, दिखानेवाला।

showy a. आडम्बरप्रिय, आडम्बरपूर्ण, सुभगालोक, भड़कदार, भड़कीला, चमकीला, दिखाऊ, दिखावटी, ठाठदार, शानदार।

shram v.t. (बोल०; प्रायः p.p. में) ठण्डसे अकड़ना, सरदीसे ठिठुरना।

shrank SHRINK का भू० का०।

shrapnel n. श्रैप्नेल गोलियाँ, फटनेवाली गोलियाँ; श्रैप्नेल बम, बमका एक भाग (जिसमें ऐसी गोलियाँ होती हैं)।

shred १. n. शीर्ण तन्तु, अल्प मात्रा, क्षुद्र कण, तुच्छ मात्रा, शकल, खण्ड, वस्त्रखण्ड, पटखण्ड, टुकड़ा, कतरन, छीलन, चिथड़ा, धज्जी (*without a ~ of clothing on him*); २. v.t. टुकड़े करना, धज्जी करना, कतरना, काटना या फाड़ना; *tear* an argument etc. *to ~s* तर्कको विखण्डित करना, झूठा सिद्ध करना।

shredder n. शीर्णित्र, शीर्णक यन्त्र, चिथड़े-चिथड़े करनेका औजार।

shredding n. चिथड़े करना।

shreddy a. शीर्णवसनयुक्त, शीर्णवस्त्रयुक्त, वस्त्रखण्डयुक्त, चिथड़ोंवाला, धज्जियोंवाला।

shrew n. कलहप्रिय स्त्री, वक्रशीला, कर्कशा, दुष्टा, चिड़चिड़ी या झगड़ालू स्त्री, लड़ाकू औरत, फाड़खानी; (~-*mouse*) गन्धमूषक, छुछुन्दरी, छछूँदर।

shrewd a. प्रचण्ड, उग्र, तीव्र, तेज, सख्त, जोरका (~ *blow, turn*); विचक्षण, विदग्ध, निपुण, चतुर, सूक्ष्ममति, सूक्ष्मधी, कुशाग्रबुद्धि, बुद्धिमान्, धूर्त, चलतापुरजा, चालाक, तेज, होशियार, घाघ, खोटा, मक्कार, चण्ट, फरफन्दी (*can make a ~ guess*)।

shrewdness n. विचक्षणता, वैदग्ध्य, चातुर्य, बुद्धिमत्ता, सयानापन, चालाकी, धूर्तता, होशियारी, चण्टपन, मक्कारी, शरारत।

shrewish a. वक्रशीला, कर्कशा, दुष्टा, चिड़चिड़ी, लड़ाकू।

shrewishness n. वक्रशीलता, कर्कशता, दुष्टता, चिड़चिड़ापन, लड़ाकूपन।

shriek १. n. उत्क्रोश, क्रन्दन, आक्रन्दन, कर्कश नाद, तीक्ष्ण चीत्कार, चिल्लाहट, कीक, चीख, किलकारी, कूक; २. v.t. & i. उत्क्रोश या कर्कश नाद करना, क्रन्दन करना, चीत्कार करना, चीख मारना, जोरसे चिल्लाना, चिंघाड़ना, कीक मारना, कूकना, किकियाना (आतंक या पीड़ामें); खूब खुलकर हँसना, कहकहा लगाना, ठट्ठा मारकर हँसना, हँसते-हँसते पेटमें बल पड़ना, हँसते-हँसते लोट-पोट हो जाना; ~ *out* विलाप करना, विलपना, विलख-विलखकर कहना, रो-रोकर कहना।

shrieker n. उत्क्रोष्टा, क्रन्दक व्यक्ति, आक्रन्दक व्यक्ति, कर्कशनादी व्यक्ति, तीक्ष्ण चीत्कर्ता, चीखनेवाला, किलकारनेवाला।

shrievalty n. शेरिफका पद या अधिकारक्षेत्र, शेरिफका कार्यकाल।

shrift n. पादरीके समक्ष पाप-स्वीकृति, अपराध-स्वीकार, पापांगीकार, अपराध-स्वीकृति एवं क्षमादान; short ~ दोषारोपण तथा दण्डादेशके बीचका अल्प समय।

shrike n. लट्टषक, कलिंग, पिंग, लहोरा, किरौला, (हत्यारा पक्षी), कसाई चिड़िया।

shrill १. v.t. & i. (व्यक्तिका) तीखे स्वरमें गीत गाना, तेज आवाजसे गाना; जोर-जोरसे शिकायत करना; (का० या भाषण०) (चीखने या चिल्लानेकी) कर्णकटु ध्वनि करना, कर्कश स्वर बोलना, तेज और बारीक आवाज निकलना; २. a. कर्कश, उग्र, कर्णकटु, कर्णवेधी, तीक्ष्ण, तीव्र, कटु, परुष, उत्तीव्र, किर्र, पतली और महीन, तेज और बारीक (आवाज); (ला०) अप्रिय, विरक्तिकर, अरुचिकर; दुराग्रही, हठी, हठीला, जिद्दी, अड़ियल; शिकायती।

shrillness n. (ध्वनिकी) कर्कशता, कर्णकटुता, परुषता तीक्ष्णता, बारीकी, तेजी; (ला०) कटुता, अरुचिकरता।

shrimp १. n. चिंगट, समुद्री केकड़ा, झींगेकी जातिका समुद्री जन्तु, श्रिम्प; जलवृश्चिक, चिंगरी, ईंचा, इंचाक; वामन, बौना, नाटा या ठिगना आदमी; २. v. i. श्रिम्प पकड़ने जाना, चिंगरी शिकार करना।

shrimper n. श्रिम्पशिकारी, श्रिम्पको मारनेवाला।

shrimpish a. ईषद्वामन, वामन-सा, बौना-सा।

shrine १. n. चैत्य, तीर्थस्थान, पावनस्थान, देवायतन, पुण्यस्थान, मन्दिर, मठ, बलिदानभूमि, वेदी, छतरी; स्मृतिस्थल, पवित्र स्मारक, यादगार; महात्माकी सुन्दर समाधि, मढ़ी, मकबरा, दरगाह, मजार, रोजा; अस्थिमंजूषा, सन्तोंके देहावशेषका सन्दूक; २. v. t. (का०) स्मारकके रूपमें सुरक्षित रखना, पवित्र वस्तुको मन्दिर या मठमें रखना, पवित्र अवशेषको मंजूषामें रखना।

shrink १. n. (क्रि०) आकुंचन, संकुचन, संकोच, सिमटन, सिकुड़न, सिकोड़न, झिझक; २. v.t. & i. आसंकोचन होना, संकुचित होना, आकुंचित होना, छोटा होना, सिकुड़ना, सिमटना, ठिठुरना, झुर्रियाँ पड़ना (*his face has a shrunken look*); (फलालेन आदिको) और छोटा करना, सिकुड़ा देना; कामसे जी चुराना, बचना, भागना, कतराना, दामन चुराना, धता बताना; हटा लेना; विमुख होना, संकोच करना, पीछे हटना, टलना, हिचकना, कतराना, झिझकना, ठिठकना; ~ *into oneself* संयत होना, मौन होना, गुमसुम होना।

shrinkable a. संकुचित होने योग्य, सिकुड़ने योग्य।

shrinkage n. आकुचन, आसंकोच, संकोचन, सिकुड़न, सिकोड़न; आकार या संख्यामें घटी, कमी।

shrinker n. संकोची व्यक्ति, सहमनेवाला आदमी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

shrive v.t. (पश्चात्ताप या प्रायश्चित्तकर्त्ताका) पादरीके समक्ष पापोंसे मुक्तिके हेतु आत्मसमर्पित करना; (पादरी द्वारा) पापकी स्वीकृति सुनना, पाप श्रवण करना, प्रायश्चित्तकी विधि बताना तथा पापोंसे मुक्ति देना।

shrivel v.t. & i. वलिकुंचन होना, संकुचित होना या करना, झुर्री पड़ना या डालना, झुलसना या झुलसाना, सिकुड़ना या सिकोड़ना, सिमटना या समेटना; परिम्लान होना, मुरझाना, सूख जाना या सुखाना, चुरमुर हो जाना या कर देना।

shrivelled a. वली, वलिकुंचित, आकुंचित, झुर्रीदार, सिकुड़नदार; परिम्लान, सिकुड़ा हुआ, मुरझाया हुआ।

shroff १. n. (सुदूरपूर्वमे) खोटे सिक्के छाँटनेवाला; धनागार-स्वामी, महाजन, सर्राफ, बैंकर; २. v.t. (सिक्केकी) जाँच करना, परख करना; सर्राफी करना।

shroffage n. सर्राफी, मुद्रापरीक्षण; मुद्रापरीक्षाके लिए नियुक्त आयोग।

shroud १. n. पिधान, आच्छादन, आवरण, पर्दा, गिलाफ, लिहाफ, ओढ़नी, चादर (*wrapped in a ~ of mystery*); शवपरिधान, शवाच्छादनी, शवाच्छदन-वस्त्र, प्रेतवस्त्र, कफन; (pl.) जहाजके मस्तूलोंकी रस्सियाँ; २. v.t. रूप परिवर्तित करना, ढँक लेना, छिपा देना, सूरत बदल देना; कफन डालना, शवको गाड़नेके लिए चादरसे ढाँकना, चादर उढ़ाना।

shroudless a. अच्छादनहीन, आवरणहीन, बेपर्दा; शवाच्छादनीरहित, बेकफन।

shroudy a. प्रश्रयदायी, ढाँकनेवाला, आवरणपूर्ण।

shrover n. (ईसाई० श्रोवटाइडके) गायक बालिका, गायक बालक।

Shrovetide n. श्रोवटाइड (लेण्टके ठीक पहलेका काल)।

Shrove Tuesday n. (ईसा०) प्रायश्चित्त मंगल, ऐश बुधवार (Ash Wednesday) के पूर्वका दिन या अन्य पूर्ववर्ती दिन।

shroving n. श्रोवटाइड-उल्लास, शोवटाइड-उत्सव मनाना।

shrub[1] n. बाल वृक्ष, क्षुप, गुल्म, झाड़ी; ~ seedling नवक्षुप, बाल झाड़ी।

shrub[2] n. जूषमदिरा, फलोंके रस तथा मद्य-सारसे तैयार एक प्रकारका पेय।

shrubbery n. वनी, गुल्मोद्यान, गुल्मवाटिका, झाड़ियाँ।

shrubbiness n. गुल्माकीर्णता, गुल्मावृत्तता, गुल्माच्छादितता, गुल्ममयता, झाड़ीदार होना।

shrubby a. गुल्मावृत, गुल्ममय, क्षुपीय, क्षुपवत्, क्षुपाकीर्ण, झाड़ीदार; ~ basil रामतुलसी; ~ stalwart लवणिका, लोनी।

shrug १. n. स्कन्धधूनन, स्कन्धसंकोच, कन्धा चढ़ानेकी मुद्रा या अवस्था; २. v.t. & i. (कन्धोंको) उठाना या उचकाना, (उदासीनता, निरादर, परेशानी आदिको प्रकट करनेके लिए) कन्धे चढ़ाना, कन्धियाना; सहमना।

shrunk SHRINK का भू० का०।

shrunken SHRINK का भू० कृ०।

shuck[1] n. तुषी, भूसी।

shuck[2] v.t. तुषी पृथक् करना, भूसी निकालना।

shucks int. व्यर्थ! बेहूदा! बेकार!

shudder १. n. स्फुरण, अंगकम्प, प्रकम्प, प्रकम्पन, वेपथु, वेपन, रोमांच, कँपकँपी, थरथरी, थरथराहट, दहल; २. v.i. (भयादिसे): कम्पित होना, (आतंक, भय, विक्षोभ या शीतके कारण एकाएक) काँपना, कँपकँपी लगना, थरथराना, थर्राना, रोंगटे खड़े हो जाना, दहल जाना; अत्यधिक विद्वेष जगना, तीव्र विक्षोभका अनुभव होना, संकोच होना, सहम जाना (*I ~ to think what might happen*)।

shuddering १. n. = SHUDDER. २. a. सकम्प, काँपता हुआ, थर्रानेवाला।

shuffle १. n. पाद-घर्ष, नाचमें पैरोंके घसिटनेकी तीव्र गति, रगड, सरकन, खिसकन, घिसटन, लड़खड़ाहट; स्थिति-परिवर्तन, उथल-पुथल, उलट-फेर; पत्तोंका फेंटना; पहलू बदलना, हेरा-फेरी; छल, चातुरी, धोखा, गोलमाल, चालाकी, बुत्ता, टालमटोल, चाल, चकमा; २. v.t. & i. सरकते हुए या घसिटते हुए या खिंचते हुए या कठिनाईके साथ चलना, मुश्किलसे खिसकना, घसिटना, रगड़ना (*~s his or with his, feet*); अस्थिर होना, बार-बार पहलू बदलना; (शा० या ला०) विकल या अधीर रहना, अशान्त रहना, एक बातपर न टिकना, दुहरी बात करना, द्व्यर्थी बात करना, गोलमाल करना, गिरगिटकी तरह रंग बदलना, डाँवाडोल होना; गड्डुमगड्डु करना, मिलाना, उतारना या खिसकाना, सरकाना, भार उतारना या रखना (*~ off responsibility upon others*); double ~ दुहरा विक्षेप, दुहरी रगड़, पहले एक पैर फिर दूसरा पैर घिसटना (नाचमें); ~ *cards* पत्ते मिलाना, ताश फेंटना; चीजोंका क्रम बदल देना, मिलाना, घाल-मेल करना, गड्डुमगड्डु करना; ~ *the cards* (ला०) अंगोंको परिवर्तित करना, पुर्जे बदल डालना; नई नीतिको चलाना, उलट-फेर करना; *to ~ off* स्थगित कर देना, टालना; धक्का देकर बगल कर देना, बगल ढकेल देना।

shuffler n. प्रवंचक, छद्मवृत्ति, छली; खिसकनेवाला, अस्थिर स्थितिवाला, गिरगिटकी भाँति रंग बदलनेवाला, गोल या दुहरी बात करनेवाला।

shuffling[1] n. (नृत्य इत्यादिमें) पादघर्षण, पाद-संघर्षण, पैर रगड़ना, पैरोंकी रगड़; संक्षोभ, उथल-पुथल; वंचना, छल, दुराव।

shuffling[2] a. कितव, कपटी, कुटिल, छली, वंचक, धूर्त; ~ gait शिथिल गति।

shun[1] v.t. परिहार करना, वर्जन करना, सम्पर्क न रखना, पृथक् रहना, दूर रहना, अलग रहना, बचना, कतराना, पास न जाना, बात न पूछना, टाल जाना, कानपर हाथ रखना, नाम न लेना, पास न फटकना, भागना, परहेज करना, किनारा करना, पल्ला बचाना, पहलू बचाना।

shun[2] int. = ATTENTION!

shunless a. (का०) प्रिय, रुचिकर, चारु, अच्छा;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अपरिहार्य ।

shunt १. n. पार्श्वायन, अपचालन, पटरी बदलना;(विद्यु०) पार्श्ववाहक, पार्श्ववाही, (विद्युत्धाराके किसी अशको अन्य दिशामें फेरनेके लिए कुण्डलीके दो बिन्दुओंको) जोड़नेवाला विद्युच्चालक; २. v.t. & i. (रेलगाड़ी या इंजन आदिका दूसरी गाड़ीके लिए लाइन छोड़कर) पार्श्वायन करना, बगलकी पटरीपर जाना, शण्ट करना, पटरी बदलना; (रेलगाड़ी या विद्युत्धाराको) पार्श्वबद्ध करना, दूसरी ओर संचालित करना, लाइन बदलना; किनारे होना, रास्ता छोड़ना; (व्यक्तिको) निष्क्रिय रहने देना, क्रियाहीन छोड़ देना, बेकार कर देना, ताकपर बिठा देना; किसी विषयपर विवादको स्थगित करना, किसी योजनाको छोड़ देना या टाल देना, रोक देना;

~ dynamo, ~ resistance, ~ signal, ~ wire, ~-wound.

shunter n. अपचालक, पटरी बदलनेवाला, लाइन बदलनेवाला ।

shunting १. n. पार्श्वायन, अपचालन, अपनयन, हटाना; २. a. अपचालक, बदलनेवाला (~ *engine*);

~ limit, ~ locomotive, ~ neck, ~ operation, ~ side.

shut[1]* v.t. & i. कमरेके किवाड़ बन्द करना, खिड़की लगाना, सन्दूकका ढक्कन लगाना; आँख मींचना, मुँह मूँदना; (द्वार, खिड़कीका चौखटा, ढक्कन, ओंठ आदि) बन्द करना*, मूँदना, भेड़ना, उटकाना; (मनुष्य, ध्वनि आदिको) द्वार या ओंठ बन्द करके भीतर कर लेना, द्वार कसकर लगाना, कोठरीमें बन्द करना या बाहर निकालकर दरवाजा लगाना (~ *the door behind him*); वंचित करना, निराश करना; (दाँत या चाकूको) बन्द करना (~ *his teeth, a knife*, etc.); निवारण करना, अवरोध करना, रोक रखना; द्वार बन्द करते समय दबा देना, मुँदना, भिचना (~ *his finger into the door hinge*); बन्द हो जाना, बँध जाना, बन्द अवस्थामें झूमना या गिरना या सिकुड़ना (*the door ~ with a bang*); *be ~ of* person (ग्रा०) पीछा छूटना; ~ *down* खिड़कीके चौखटोंको खींचकर बन्द करना;(फैक्टरी आदिका) काम बन्द करना या होना; ~ *in* (पहाड़ियों, घरों, समुद्र आदिका) मार्ग अवरुद्ध करना, निकास रोकना, रास्ता बन्द करना, घेरना, अहाता बनाना; ~-*in personality* अन्तर्मुखी व्यक्तित्व; ~ *off* (पानी या गैस आदिको) बाहर रखना, रोक लेना; समाजसे पृथक करना, बिरादरीसे हटा देना; ~ one's *eyes to* आँख उठाकर न देखना; ~ one's *ears to* सुनी-अनसुनी करना, कान न धरना; ~ *out* व्यवधान लाना, बीचमें आना, आँखोंसे ओझल करना, आड़ करना; असम्भव बनाना, सम्भावना न रहने देना; रोकना, बाहर करना; ~ *the door upon* असम्भव बनाना, बिल्कुल ही विचार न करना, इन्कार कर देना; ~ *to* अच्छी तरहसे किवाड़ बन्द कर देना या बन्द होना, कसके बन्द करना; ~ *up* (घरके सब द्वार और खिड़कियाँ, चटखनी, सींकचे आदि) बन्द करना; चुप रहो; भर्त्सना द्वारा चुप कर देना, डाँट या मुँहतोड़ जवाबसे चुप बैठा देना; ~ *up shop* (एक दिनके लिए या स्थायी रूपसे) दुकान बन्द करना, सन्दूक को अच्छी तरहसे बन्द कर देना; वस्तुको सन्दूक इत्यादिमें रखना; व्यक्तिको बन्दी बनाना, कैद करना; हाथ खींचना, हटना, रुकना ।

shut[2] a. संवृत, बन्द ।

shut-ins ⊙ = INVALIDS.

shutter १. n. क्रियागत अर्थोंमें, अवरोधक, संवारक, बन्द करनेवाला (*speed* ~); कपाट, किवाड़, तख्ता, झाँप, झिलमिली, टुकुआँ; जुड़ी हुई लकड़ीकी पट्टियों या धातुकी तीलियोंका ढाँचा; अरगन बाजेका पर्दा या झिलमिली; फोटोग्राफीके कैमरेके लैंसका ढक्कन; चिक, परदा; २. v.t. झिलमिली लगाना, ढक्कन लगाना, झाँप लगाना; *put up the ~s* (स्थायी रूपसे या दिनभरके लिए) व्यवसाय बन्द करना, दुकान उठा देना, दुकान बन्द करना ।

shutterless a. बे-ढक्कनेके, बिना झिलमिलीके ।

shuttle n. मल्लिक, सूत्रयन्त्र, त्रसर, तुरी, घोटा, भरनी, नली, ढरकी, फिरकी, जुलाहेकी नाल, शटिल; ~cock बैडमिंटनकी चिड़िया; ~ train छोटी गाड़ी, (थोड़ी दूरतक चलनेवाली) शटिल ट्रेन ।

shy[1] n. & v. i. (ला०) किसी प्रस्तावपर भड़क उठना, चौकन्ने होना, बिगड़ जाना; चौंकना, उछल पड़ना, चमकना, भड़कना, बिचकना ।

shy[2] १. n. पत्थरकी फिकाई, पथरयाव; २. v.t. & i. (बोल०) निशानेपर पत्थर मारना, निशाना लगाना, पत्थर आदि फेंकना, उछालना, पथरयाना; उछलना, भड़कना, चमकना, डरना; *have a ~ at* उपहास करना, चिढ़ाना, मजाक उड़ाना; पानेके लिए प्रयत्न करना; किसी वस्तुको फेंककर निशाना लगाना ।

shy[3] a. सव्रीड, सलज्ज, लज्जालु, लज्जावान्, झेंपू, शर्मीला; असामाजिक, समुदायसे दूर भागनेवाला, संकोची, दूर रहनेवाला, बचनेवाला, कितयानेवाला, कतरानेवाला, डरपोक; सतर्क, सावधान, होशियार; भीरु, कातर, चौंकनेवाले, चौकन्ना होनेवाले, भड़कनेवाले, चमकनेवाले, भड़कीले, बिचकनेवाले (जंगली जन्तु, पक्षी, मछलियाँ आदि); सूक्ष्म, दुर्व्याख्य, दुर्बोध, कष्टसाध्य, दुर्लभ, दुष्प्राप्य, अस्पष्ट, कठिन, बारीक; (ग्रा०) शून्य, खाली हाथ, हारा हुआ (*I'm ~ three quid*); *fight ~ of* कतराना, बचना; ~ *of funds* अर्थ-विपन्न, अभावग्रस्त, कम पैसेवाला ।

shyer n. भड़कनेवाला, बिचकनेवाला ।

Shylock n. निष्ठुर, वज्रहृदय, पाषाणहृदय, निर्मम, निर्दयी, क्रूर, कठोर, बेदर्द महाजन ।

shyness n. संकोच, लज्जा, लज्जाशीलता, शालीनता, शर्म, झेंपूपन, सकुचाहट; भीरुता, भीति, कातरता, डर, डरपोकपन, भड़कीलापन, भड़क, चमक, बिचक, बिचकाव ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

shyster ⊙ n. कितव, वंचक व्यक्ति, प्रवंचक व्यक्ति, छलनेवाला आदमी, ठगनेवाला आदमी; क्षुद्रवृत्तिक, सिद्धान्तविहीन व्यक्ति, थालीका बैंगन।

si n. संगीतका सातवाँ सुर, नी।

sialogogue n. लालोत्सारी ओषधि, लार बहानेवाली दवा।

Siamese १. n. स्यामकी भाषा या निवासी; २. a. स्यामी, स्यामका; ~ cat मक्खनके रंगकी लम्बी पूँछवाली जातिकी मैले या नीले बिन्दुओंवाली बिल्ली; ~ twins स्यामी जुड़ुआँ; (ला०) घनिष्ठ मित्र, अभिन्न मित्र, गाढ़े दोस्त।

sib[1] n. सम्बन्धी, रिश्तेदार।

sib[2] a. सम्बन्धित, रिश्तेवाला; -वत्, -सदृश, -जैसा, की तरह।

sibilance,-cy nn. फुसकार, सिसकारी सीसी, सनसन।

sibilant १. n. ऊष्म वर्ण, फुसकार या सिसकारके वर्ण; २. a. ऊष्मी, सकारध्वनिसम्पन्न, हिस्-हिस् शब्दकारी, फुस्कारनेवाला, सुसकारनेवाला, सनसनदार।

sibilate v.t. & i. सिसकारीके साथ उच्चारण करना।

sibilation n. ऊष्मता, सिसकारी, सनसनाहट।

sibyl n. भविष्य बतानेवाली वृद्धा, बाजीगरनी, बूढ़ी जादूगरनी; अधार्मिक देवदूतिका, सिद्धा, प्राचीन यूनानके किसी देवताकी प्रतिनिधिरूप सिद्ध स्त्री, स्त्री पैगम्बर।

sibylline a. भविष्यद्वाणी-समन्वित; देवदूतिका-विषयक, रहस्यात्मक रूपसे देवदूत-सम्बन्धी, देववाक्य-सम्बन्धी, (प्राचीन) भविष्यवक्त्री स्त्रीके सम्बन्धमें।

sic adv. एवं लिखित, एतद्वत् मुद्रित, इस प्रकार लिखा या छपा हुआ।

Sicanian n. & a. सिसलीके आदिवासी (से सम्बन्धित)।

siccative[1] n. शोषक वस्तु, सुखानेवाली दवा।

siccative[2] a. शोषक, सुखानेवाला।

siccity n. शुष्कता, सूखापन।

sice[1] n. (पाँसेका) छक्का, छःका अंक।

sice[2], **syce** n. साइस, सईस, घुड़पाल।

Sicel, Sikel, Sicilian n. सिसलीके मध्यकालीन निवासी।

Sicelot, Sik- n. सिसलीके यूनानी निवासी।

Sicilian n. सिसलीका निवासी।

sick[1] v.t. ललकारना (प्रायः आदेशात्मक रूपसे); ~ *him !* शिकार मारनेके लिए कुत्तेको ललकारना, लुहाना।

sick[2] a. रुग्ण, व्याधिग्रस्त, व्याधिपीड़ित, अस्वस्थ, रोगार्त, रोगग्रस्त, रोगी, बीमार, आजारी, मरीज (~ *person*): खिन्न, तंग, जी भरा हुआ, ऊबा हुआ, पेट भरा हुआ, उकताया हुआ, दिक, परेशान, बेजार (~ *of flattery*); व्यथित, व्याकुल, असन्तुलित, अव्यवस्थित-चित्त, सन्तप्त, पीड़ित, उत्तप्त, खिन्न, अप्रसन्न, त्रस्त, अधीर, आकुल, क्लान्त, परेशान, उदास, उचाट, बैचैन, बेमन (*am ~ at heart*); मरम्मतके योग्य, बनवाने लायक (जहाज); ~-bed रोगीका बिछौना; रुग्णावस्था, बीमारीकी हालत; ~-benefit रुग्णावस्थामें (अनुपस्थित रहनेपर भी कर्मचारीको) मिलनेवाला भत्ता; ~-call रोगियोंको पुकारनेका घोष; ~-fallen व्याधिपीड़ित, अस्वस्थ, रुग्ण, रोगार्त, रोगग्रस्त; ~-headache पित्तदोषके कारण सिरदर्द; ~-house चिकित्सालय, औषधालय, अस्पताल; ~ kidneys ⊙ गुर्देकी बीमारी; ~-leave रुग्णावकाश, बीमारीकी छुट्टी; S~ Man of Europe तुर्की साम्राज्य; *the ~* रुग्णजन, रोगी लोग, बीमार लोग; *be, feel, turn, ~* (आधु० प्रयोगमें) वमनेच्छु होना, वमन करना, कै आना या करना;

~ attendant, ~ berth, ~ certificate, ~ diet, ~-feathered, ~-list, ~man, ~ nurse, ~ person, ~ room.

sicken v.t. & i. रोगके लक्षण दिखलाई पड़ना, रुग्ण करना या होना, पीड़ित होना, बीमार होने लगना, जी बुरा होना (*child ~s for something*); मचली उत्पन्न करना, मतली मालूम होना, जी बिगड़ना, कै-सी आना; घृणा पैदा करना, खिन्न होना, खिन्न बना देना, निराश कर देना, नाकमें दम कर देना, थका देना, उकता देना, दिक कर देना, दिल खट्टा होना।

sickener n. विरक्ति उत्पन्न करनेवाला, उकता देनेवाला, दिल खट्टा करनेवाला।

sickening a. घृणार्ह, घृणास्पद, बीभत्स, खिन्नकारी, निराशकारी, नाकमें दम करनेवाला, उकता देनेवाला, दिल खट्टा कर देनेवाला (*a ~ sight*)।

sickish a. ईषद्रुग्ण, ईषद्व्याधिग्रस्त, किंचित् अस्वस्थ, किंचिद्रोगार्त, कुछ बीमार-सा, कुछ मरीज-सा; वमनोन्मुख, मचलीवाला।

sickishness n. ईषद्रुग्णता, ईषद्व्याधिग्रस्तता, किंचित् अस्वस्थता, किंचित् रोगार्तता; मचली, मतली।

sickle n. दात्र, दराँती, दाँती, हँसिया; सिंहराशि; ~bill हँसियाके आकारकी चोंचवाला पक्षी; ~-feather मुर्गेकी पूँछका बीचका लम्बा पर; ~-wort सर्वरोगोपयोगी वनस्पति, एक पौधा (जिसके विषयमें कहा जाता है कि वह सब रोगोंकी अचूक दवा है);

~-hare's-ear, ~ pod, ~-shaped, ~-shaped claws.

sicklied a. पीताभ, धूसर, मटमैले रंगका, म्लान रंगका, धूमिल रंगका।

sickliness n. रुग्णता, अस्वस्थता, नित्यरोगिता, रोगीपन, पिण्डरोगीपन; क्षीणता, निर्बलता, सुस्ती।

sickly १. v.t. रोगी-जैसे पीले रंगसे ढकना, पीला-पीला रंग चढ़ाना; २. a. आरोग्यनाशक, रोगवर्धक, अस्वास्थ्यकर (~ *climate*); वमनकारी, मिचली लानेवाला (~ *smell*); रोगजनक, घृणाजनक, वमनोत्पादक; रुग्ण, रोगप्रवण, नित्यरोगी, रोगशील, अस्वस्थ, जन्मरोगी, पिण्डरोगी, बीमार, मरीज; क्षीण, अशक्त, दुर्बल, निर्बल, कमजोर, मरियल; रुग्ण-सा, क्लान्त, मूर्च्छोन्मुख, क्षीणतन; रोगद्योतक, रोगसूचक, सुस्त, पीला-पीला, रोगी-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

जैसा, मरीज-जैसा (~ *look*); भावुकतापूर्ण, निर्बलता-युक्त।

sickness n. (अफ्रीकी) महामारी; रुग्णता, रुग्णावस्था, अस्वास्थ्य, अस्वस्थता, व्याधि, उपताप, विकार, रोग, बीमारी, मर्ज; वमन, वमनेच्छा, मिचली, मतली, कै।

sicula n. असिका, छोटी तलवार, छुरा।

side[1]* n. (दोमेंसे एक) ओर*, पार्श्व, तरफ*, पहलू, बगल, रुख (*two ~s of a sheet of paper, board,* etc.); मनुष्य या पशुका एक पक्ष, दाहिना या बायाँ भाग, पसली; पार्श्व, पक्ष, पक्खा, बगल (*two ~s of house*); तल, सतह (*cube has six ~s*); भुज, भुजा (*opposite ~s of a parallelogram*); मुड़नेवाला भाग, पार्श्वभाग, द्रव्य (*right ~*); प्रान्त, उपान्त, सीमान्त, सीमा, अन्त, छोर, किनारा, सिरा (*~ of a room*); (गुण०) पक्षीय; अधीन; विभाजक रेखाके परे, उस ओर, आगे, पार, दायीं ओर, बायीं ओर (*on this ~ of the Alps*); किसी वस्तुका आंशिक पक्ष या रूप, विभिन्न पक्ष (*study all ~s of question*); (राजनीतिक खेल आदिमें) युद्धमें विरोधियों के दो दलोंमेंसे एक दल, पक्ष, गुट (*the Lord is on my ~*); वंशक्रम, वंशपक्ष, मातृपक्ष या पितृपक्षका (*well descended on the mother's* or *maternal ~*); (बिलियर्डमें एक ओर गेंदपर चोट मारनेसे उत्पन्न उसकी) घूमनेकी गति, गेंदका घुमाव: (ग्रा०) आत्मगौरवकी धारणा, दर्प, दम्भ, अभिमान, बड़प्पनका भाव, घमण्ड, डींग, अकड़ (*puts on, has too much, ~*); ~-arms तलवारें या संगीनें; ~-bet (ताशमें) आपसी पण, बाजी, शर्त; ~ board भोजनागार में किनारे लगी हुई मेज; ~ box नाट्यशालामें एक ओर दर्शकोंका स्थान या खाना; किनारेके डब्बेमें बैठनेवाले दर्शक; ~ burns ⊙ पार्श्व-श्मश्रु, बगलकी दाढ़ी; ~-check ⊙ लगाम; ~ door पार्श्वद्वार, मुख्य द्वार या मकानके बगलमें लगा हुआ दरवाजा; ~ issue पक्षीय कार्य, प्रासगिक विषय; ~light पार्श्वप्रकाश, एक ओरका प्रकाश, बगलकी रोशनी; (ला०) प्रासगिक वृत्तान्त या सूचना; (नौवि०) चलते हुए जहाजकी बगली रोशनी; ~ line पार्श्व-रेखा; उपवृत्ति, अतिरिक्त व्यवसाय, अतिरिक्त कार्य; ~ look अपांगदृष्टि, कटाक्ष; ~ path पार्श्वपथ, सड़कके बगलकी पटरी; ~ post द्वार-स्तम्भ, छतको सँभालनेके लिए बगलमे लगा हुआ खम्भा; ~-slip पहियेकी फिसलनेकी क्रिया या फिसलन; (वैमा०) सामने चलनेकी अपेक्षा टेढ़ा चलना, बगली चाल चलना; पेड़की नई शाखा; (ला०) अवैध सन्तान; एक पक्ष, रंगमंचका पार्श्व भाग, बगलका हिस्सा; ~-splitting विनोदपूर्ण, खूब हँसनेवाला, पेटमें बल लानेवाला; ~-step किसी गाड़ीके भीतर जाने या बाहर आनेकी सीढ़ी या पायदान; एक ओरकी चाल, बगलका कदम; (v.t.) बगलकी ओर मुड़कर निकल जाना; (ला०) बचा जाना, बचना, टाल जाना; ~-stroke पार्श्वकी ओरसे या पार्श्वकी ओर किया जानेवाला प्रहार, बगली वार या हाथ; आकस्मिक कार्य; तैरनेका ढंग या तैराकी हाथ; ~-track पगडण्डी, रेलकी बगलकी पटरी; (v.t.) बगलकी पटरीपर मोड़ना, गाड़ीको पटरीपर लाना, पटरी बदलना; कार्यवाही या विचार स्थगित करना, उठा देना, टाल देना ⊙; ~ trip ⊙ स्वास्थ्यार्थ यात्रा; ~-view पार्श्व दृश्य, एक ओरका दृश्य; ~walk पार्श्वमार्ग (सड़कपर); ~ wind पार्श्ववात, अगल-बगलकी हवा; (ला०) अप्रत्यक्ष साधन या प्रभाव; *Cambridge has a strong ~* क्रिकेट फुटबाल आदिकी टीम; *on one ~* एक ओर, एक तरफ, बगलमें; *on the ~* अतिरिक्त कार्य; *on the right, wrong, ~ of forty* चालीस वर्षकी आयुसे कम या अधिक; *on the ~* अतिरिक्त; *on the wrong ~ of the door* दरवाजेके बाहर; *on this ~ the grave* जीवनमें, जीते-जी; ससारमें; *salary on the ~* ⊙ अतिरिक्त वेतन; *shake* one's *~s* जी खोलकर हँसना, ठट्ठा मारकर हँसना, ठहाका मारना; *sent him six ~s of argument* छः पन्ने लिखकर भेजे; *~ by ~* पास-पास खड़े हुए; *take ~s* पक्षपात करना, साथ देना, तरफदारी करना;

~ branches, ~-car, ~-cast, ~ chain, ~ check, ~ collision, ~-cut, ~-dish, ~ ditch, ~-drain, ~ edge, ~ elevation, ~ error, ~ face, ~ flash, ~ head, ~-heading, ~ industry, ~ lamp, ~-liner, ~locks, ~ note, ~ piece, ~ pipe, ~ reaction, ~ road, ~ rod, ~-saddle, ~ screw, ~ seat, ~ shade, ~-shelf, ~ slabs, ~ slope, ~ stitch, ~-tube, ~-valves, ~-walk, ~ way, ~ways, ~-wheel, ~-whiskered, ~wise.

side[2] v. i. झगड़ेमें किसीके साथ होना, पक्ष लेना, साथ देना, साथ जाना, तरफदारी करना।

side[3] a. पार्श्विक, = SIDELONG.

sided a. पार्श्विक, पक्षीय, भुजीय, ओरका, तरफका, तरफी, बगली।

sidedness n. पार्श्विकता, पक्षीयता, भुजीयता, एकतरफापन, बगलीपन।

sideless a. पार्श्वहीन, पक्षहीन, पक्षरहित, भुजाहीन, बेपहलू, बेबगल; बिना पसलीके; दिशाहीन; सीमान्तरहित, बिना हाशियेके।

sideling a. & adv. = SIDELONG.

sidelong १. a. तिर्यग्गति, तिरछा, टेढ़ा; पार्श्विक, पक्षीय, एकतरफा, बगली, प्रवण, ढालू, झुका हुआ; २. adv. पार्श्वतः, पार्श्व या पक्षको, एक ओरको, एक तरफको, तिरछे, टेढ़े-टेढ़े (*move ~*)।

sider n. पक्षपाती, दलगत व्यक्ति, पार्टीबाज, तरफदार।

sidereal a. नाक्षत्र, नाक्षत्रिक, नक्षत्रपूर्ण, नक्षत्रसम्बन्धी, तारामण्डल या स्थिर तारासमूह-विषयक (*~ astronomy, revolution*); ~ day नक्षत्र-दिवस, तारेके क्रमिक याम्योत्तरगमनके बीचका काल;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ time नाक्षत्र काल, तारोंका प्रत्यक्ष दैनिक गतिका समय; ~ year नाक्षत्र वर्ष, पृथ्वीका सूर्यके चारों ओर एक पूरी परिक्रमा करनेका काल।

siderographic a. वज्रायसोत्कीर्णिकी-विषयक, वज्रायसोत्कीर्ण-विज्ञान-विषयक, वज्रायसोत्कीर्णशास्त्र-सम्बन्धी।

siderographist n. वज्रायसोत्कीर्णिकीविद्, वज्रायसोत्कीर्ण वैज्ञानिक, वज्रायसोत्कीर्णशास्त्री।

siderography n. वज्रायसोत्कीर्णिकी, वज्रायसोत्कीर्ण-विज्ञान, वज्रायसोत्कीर्णशास्त्र, स्टीलपर खुदाईकी विद्या।

sideward(s), -ways १. aa. पार्श्विक, पार्श्वस्थ, पार्श्वाभिमुखी, पार्श्वका, तरफा, बगलका; २. advv. पार्श्व या बगलकी ओर या एक तरफसे।

sidi n. अफ्रीकी, नीग्रो, हबशी, सीदी।

siding n. पार्श्वक, पथिका, पार्श्वभूमि, रेलकी साइडिंग शण्टिंगके लिए बगलवाली रेलकी पटरी; पक्षपात, तरफदारी, धड़ाबन्दी।

sidle v. i. तिर्यक् गतिसे चलना, टेढ़े-टेढ़े चलना, तिरछे चलना, आड़े चलना, दुबककर चलना (डर या चापलूसीसे)।

sidy a. कितव, वंचक, प्रवंचक, ठग, छली, बहानेबाज।

siege १. n. अवरोध, पर्यवरोध, सैन्यवेष्टन, घेरा, किलाबन्दी, घिराई, मुहासरा; घेरेकी अवधि, घिराव, घेरना या घेरे जाना (प्रायः ला०); २. v.t. विवश करना, फुसलाना, दबाव डालना, मजबूर करना; घेरना (प्रा०) सेनासे घेर लेना, वेष्टित कर लेना, घेरा डालना; ~-gun बड़ी तोप, घेरेकी तोप; ~-train मुहासरेका तोपखाना इत्यादि; *lay* ~ *to* घेरा डालना, घेरना; *push the* ~ घेरेको दृढ़तासे चालू रखना; *raise the* ~ *of* घेरा तोड़ देना, घेरा उठा देना; प्रयत्न त्याग देना; stand ~ घेरा डालनेवालोंको रोकना।

sienna n. गेरू-जैसी मिट्टी।

sierra n. आरेके दाँतोंकी भाँति लम्बी ऊँची-नीची पर्वत-शृंखला; स्पेनकी समुद्री खाद्य मैकरल मछली।

siesta n. (उष्ण देशोंमें) मध्याह्नका विश्राम, दुपहरका आराम।

sieve १. n. रहस्यों या भेदोंको न छिपानेवाला व्यक्ति, पेटका हल्का, भड़भड़िया; चालनी, छलनी, छन्ना; नाप या तौलकी टोकरी या डलिया, नपना, पल्ला; २. v.t. छलनीसे पछोरना, चलनीसे छानना या निकालना;
~ cell, ~ field, ~-frame, ~ method, ~ number, ~ plate, ~ tissue, ~ tube, ~ tube issue, ~ wood.

siffle v. i. सिसकारना, सीटी बजाना, सीटी देना, सीटी बजाकर संकेत करना।

siffleur n. सिसकारनेवाला आदमी, सीटी बजानेमें दक्ष व्यक्ति; श्री कस्तूरिका।

siffleuse n. सिसकारनेवाली स्त्री, सीटी बजानेमें निपुण स्त्री।

sift v.t. & i. (छलनीसे) छालना, चालना, छलनीसे पछोरना, चम्मचमें चीनीको छानना, बढ़िया भागको अलग निकाल लेना, अच्छा और कूड़ा अलग करना, बीनना, फटकना; (बर्फ, प्रकाश आदिका) छन-छनकर गिरना; चरित्रका विश्लेषण करना; (प्रमाण, तथ्यों आदिके) विवरणोंका सूक्ष्म परीक्षण करना, छानबीन करना, जाँचना, जाँच-पड़ताल करना, बारीकीसे देखना।

sifter n. चालक, पछोरनेवाला, बीननेवाला, फटकनेवाला; चालनी।

sifting n. चलनीसे अलग करना, चलनीसे छानना, चालना; शोधन, छँटाई; (pl.) चालकर निकाली हुई बेकार वस्तु, छान, चोकर।

sigh n. उच्छ्वास, दीर्घ निश्वास, गहरी साँस, हाय, आह; २. v.t. & i. उच्छ्वास लेना, दीर्घ निश्वास छोड़ना, उसास लेना, ठण्डी साँस लेना, उसाँस भरना, आह भरना (कष्ट, मुक्ति आदिकी अवस्थामें); इच्छित या खोई हुई वस्तु या व्यक्तिके लिए लालायित होना, लालसा करना, उत्कट इच्छा होना, सिसकना, कुढ़ना; दुःख प्रकट करना, लम्बी साँस लेकर चिन्ता या सन्तोषका भाव प्रकट करना; (वायु आदिका) दीर्घ निश्वासकी भाँति शब्द करना, हवाका सन-सन चलना।

sigher n. उच्छ्वासी व्यक्ति, दीर्घ निःश्वासी व्यक्ति, उसाँसी आदमी, आह भरनेवाला आदमी।

sight[1] n. वीक्षण या दृष्टि-शक्ति, दर्शन-शक्ति, दृष्टि, जोत, बीनाई, नजर, निगाह; वीक्षण, प्रेक्षण, दृष्टिकोण, विचारक्रम, वीक्षण-पद्धति, विलोकन, साक्षात्कार, दर्शन, दरस, देखना (*the* ~ *of her distress unmanned him*); देखने या सोचनेका ढंग, सूझ; वीक्षण सीमा, दृष्टि-पथ, दृष्टिक्षेत्र, दृष्टि-प्रसार; दृश्य, दृष्ट पदार्थ, दर्शनीय या देखने योग्य स्थान; प्रदर्शन, आलोक, कौतुक, चमत्कार, खेल, तमाशा, शो (*a sad* ~ *awaited us*); वीक्षणयन्त्र या बन्दूकका ठीक लक्ष्य या निशाना (*forgot to put up the leaf of his back* ~ बन्दूक दागनेमें); बहुत अधिक मात्रा या परिमाण, बहुत ही बड़ी राशि (*will cost* ~ *of money*); second ~ अन्तःचक्षु, भीतरकी दृष्टि, अन्तःकरण; short ~ (ला०) विवेक-बुद्धिकी त्रुटि, संकीर्ण दृष्टि, अदूरदर्शिताका अविचार, ओछा विचार; ~-bill दर्शनी हुण्डी; ~-singing लिपिसे कण्ठ्यसंगीतका पाठ; ~worthy दृश्य, दर्शनीय, देखने योग्य; *a* ~ *for sore eyes* दर्शनीय, प्रियदर्शी, मनोहर, सुन्दर, सुहावना पदार्थ या व्यक्ति; *at first* ~ प्रथम दर्शनपर, पहली दृष्टिमें, पहली नजरमें; *at, on,* ~ दृष्टिगोचर होते ही, देखते ही, नजर आते ही; *catch* ~ देखने लगना, दीखना; *lose* ~ *of* दृष्टिमें न आना, न दिखना; *get a* ~ *of* किसी प्रकार दर्शन पा लेना, एक झलक पा लेना, देख लेना; *his face is a perfect* ~ उसकी मुखाकृतिकी विचित्र अवस्था है, अजीब सूरत बनी है; *is in* ~ दृश्य, दर्शनीय, दृष्टिगोचर, दृष्टिगत; *out of* ~ अदृश्य, अदर्शनीय, दृष्टिके परे; *know by* ~ केवल बाह्याकृतिसे परिचित होना, बाहरी रूप जानना, ऊपर-ऊपरसे जानना; *long, short* or *near,* ~ दूर दृष्टि, अदूर दृष्टि या समीप दृष्टि;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

loss of ~ दृष्टिलोप, दृष्टिहानि, दृष्टिहीनता, अन्धा होना, आँखें खोना; *make a* ~ *of oneself* विचित्र प्रकारके वस्त्र धारण कर भड़ुआ बनना, स्वाँग बनना, कौतुकपूर्ण बनना, तमाशा बनना; *out of my* ~! आँखोंसे ओझल हो, सामनेसे हट जाओ, दूर हो; *out of* ~ *out of mind* आँखकी ओट पहाड़की ओट, आँखसे ओझल दिलसे दूर; *play music at* ~ बिना पूर्व-अभ्यासके गाना-बजाना; *put out of* ~ दृष्टिसे परे रखना, छिपाना, नजरसे बचाना, नजर-अन्दाज रखना; *take a* ~ *(of, at)* (आ०) किसीको चिढ़ानेके लिए नाकपर अँगूठा रखकर पूरा पंजा फैलाना; ~ bill, ~ draft, ~ entry, ~ exchange, ~-feed lubricator, ~-playing, ~ rail, ~ rate, ~ rule, ~-singer, ~ test, ~-testing types, ~ vane.

sight[2] v.t. वीक्षण-यंत्रके द्वारा (तारों आदिका) पर्यवेक्षण करना, ध्यानसे देखना, जाँचना; दृष्टिगत होना, साक्षात्कार होना, दिखाई देना, समीप आनेपर दीखना, सामना होना, सामने पड़ना, नजर आना या पड़ना (~ *land, game*); बन्दूक आदिमें मक्खी लगाना, बाँधना; मक्खी ठीक बैठाना; बन्दूकोंकी मक्खीके सहारे लक्ष्य बाँधना, निशाना लगाना; ~*ing shot* मक्खीको जाँचनेका निशाना।

sighted a. दृष्ट, दर्शी, दृष्टिवाला, बुद्धिवाला, समझका।

sightedness n. दर्शिता, बुद्धि, समझ।

sighter n. प्रयोगात्मक लक्ष्यवध, परीक्षणात्मक लक्ष्यवेध, परीक्षणात्मक फायर।

sighting n. निशाना लगाना; दर्शन (~ *tube*)।

sightless a. दृष्टिहीन, चक्षुहीन, नेत्रहीन, अन्धा; (काव्य०) परोक्ष, अदृष्ट, अदृश्य।

sightlessness n. दृष्टिहीनता, अन्धापन।

sightliness n. प्रेक्षणीयता, दर्शनीयता, शोभा, सौन्दर्य, सुहावनापन, खूबसूरती।

sightly a. प्रेक्षणीय, दर्शनीय, सुदर्शन, प्रियदर्शी, सुशोभित, सुन्दर, ललित, सुहावना, खूबसूरत।

sightseeing n. दृश्यावलोकन, दृश्य-दर्शन, सुस्थल-दर्शन, प्रकृति-स्थल-दर्शन।

sightseer n. दृश्यदर्शी, दर्शक, दृश्य देखनेवाला, घूमनेवाला, सैर करनेवाला।

sigil n. मुद्रा, मुहर, सील; जादूका चिह्न।

sigillary a. अंकीय, अंक-विषयक, मुद्रा-विषयक, चिह्न-सम्बन्धी।

sigillate a. अंकयुक्त, अंकमय, मुद्रामय, चिह्नयुक्त।

sigma n. ग्रीक अक्षर C, स (जो S की ध्वनि देता है), सिग्मा।

sigmate[1] v.t. अवग्रह या सिग्मा जोड़ना, S जोड़ना।

sigmate[2] a. अवग्रह-, सिग्माकार, ग्रीक अक्षर S के आकारका; अर्धचन्द्राकार।

sigmation n. (शब्दमें) अवग्रह-लेखन, सिग्मा-योजन, ग्रीक अक्षर S जोड़ना।

sigmatism n. (अक्षर S का) अशुद्ध उच्चारण।

sigmoid १. a. अर्धचन्द्राकार; अवग्रहरूप, सिग्माकृति, सिग्माकार, अवग्रह-सदृश, सिग्मा-जैसा, ग्रीक अक्षर S के आकारका; २. n. वक्र (~ *colon*)।

sigmoidal a. = SIGMOID.

sign[1]* n. चिह्न*, निशान*; प्रतीक, प्रतीकात्मक या सांकेतिक चिह्न, किसी शब्द या पदसमूहके लिए प्रयुक्त लिखित चिह्न, निशान (*a sacrament is an outward and visible* ~ *of an inward and spiritual grace*); सम्भावित या अनुमानित निदर्शन, लक्षण, शकुन, अभिज्ञान, प्रमाण (*violence is a* ~ *of weakness* or *that one is weak*); ध्वज, झण्डा; प्रत्याभूति, खातरी, गारण्टी; मित्रशत्रुभेदकारक सांकेतिक शब्द; अलौकिक शक्तिकी द्योतक विस्मयकारी घटना, अलौकिक बात; (निदान०, रोगके लक्षण) प्राकृतिक या परम्परागत संकेत-चिह्न; शारीरिक चेष्टा, भंगिमा, भाव, इंगित, संकेत, सैन, इशारे, सैनकानी (*gave him a* ~ *to withdraw*); राशि (~ *of zodiac*); हस्ताक्षर; ~ and countersign गुप्त या भेदपूर्ण परस्पर परिज्ञान, हस्ताक्षर-प्रति-हस्ताक्षरकी पहचान; ~board नामपटल; संकेतफलक, संकेतपट्ट, साइनबोर्ड; ~ manual स्वाक्षर, अपने हस्ताक्षर, दस्तखत; ~-painter, ~ writer नामपट्टिकाका रंगकार, साइनबोर्ड रँगनेवाला, पेण्टर; ~post नाम-स्तम्भ (जो सड़कोंके चौराहोंपर स्थानोंकी नामावलीके साथ लगे रहते हैं), साइन पोस्ट; ~s of the times सामयिक गतिविधियोंकी प्रवृत्तियोंकी सूचक वस्तुएँ, समयके लक्षण; the ~ of the cross क्रासका चिह्न; *make no* ~ प्रतिवाद या विरोध न करना, अचेतन जान पड़ना, अमावधान प्रतीत होना, चूँ न करना, जरा न हिलना, टससे मस न होना, लीचड़ दिखायी देना, कोई संकेत या निर्देश न देना।

sign[2] v.t. & i. अंकित करना, चिह्नित करना, निशान बनाना; हस्ताक्षर करना, अपना नाम हस्ताक्षरके रूपमें लिखना; (सम्पत्ति, अधिकार आदिको) अपने हस्ताक्षरके द्वारा प्रमाणित करना, रसीद देना; सही करना; हस्ताक्षर करके नौकर रखना, चाकरीमें लेना; इंगितोंमें बात कहना, इशारेसे कहना (~*ed to me to come*); (किसी पत्र, कार्य, दृश्य, लेख, पुस्तक, प्रार्थनापत्र आदिपर) स्वाम्य या स्वीकृतिके लिए हस्ताक्षर करना या चिह्न बनाना, अपना प्रमाणित करना (*the will had never been* ~*ed*); ~ *off* अन्तमें हस्ताक्षर करना; ~ *on* आरम्भमें हस्ताक्षर करना।

signable a. अंक्य, अंकनीय, चिह्नीय, निशान करने योग्य; हस्ताक्षरणीय, सही करने योग्य, दस्तखत करने लायक।

signal[1] १. n. इंगित, संज्ञप्ति, संकेत, संकेतक, चिह्न, निशान, सैन, इशारा, सिगनल, सिकन्दरा; संकेतोंमें व्यक्त सन्देश, सूचना (*the* ~ *was to be the dropping of a handkerchief*); आकस्मिक,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

संकेत, तात्कालिक लक्षण, चेतावनी (*the earthquake was the ~ for an outbreak of the primitive instincts*) २. v.t. & i. संकेतके द्वारा किसीको काम करनेके लिए निर्देश करना, सकेत करना, संकेत भेजना; संकेतके द्वारा (किसी घटनाकी) घोषणा करना, इशारोंमें काम करना, इशारे करना, सिगनलके द्वारा (आदेश, सूचना) प्रेषित करना, खबर देना, सिगनल देना; ~-book संकेतपुस्तक (जिसमें जटिल समाचारोंके लिए संकेतोंकी सूचियाँ तैयार रहती हैं); ~-box संकेतपट्टी, सिगनल-कोठरी; ~ strength बेतारके संकेतादानकी शक्ति, संकेतन-बल;

~ cabin, ~ centre, ~ code, ~ despatch, ~ experiment, ~ fire, ~ flag, ~ generator, ~ key, ~man, ~ mark, ~ post, ~ red, ~ sign, ~ unit, ~ wires.

signal[2] a. विशिष्ट, असाधारण, अपूर्व, असाधारण रूपसे अच्छा या बुरा, महत्त्वपूर्ण, प्रमुख, बड़ा; विलक्षण, समर्थ, प्रशंसनीय, उल्लेखनीय, विख्यात, प्रसिद्ध (*~ victory*)।

signalize v.t. विशिष्टता देना, महत्त्वपूर्ण अथवा उल्लेखनीय बनाना, ख्यातियुक्त करना, प्रतिष्ठित करना, कीर्तित करना, प्रसिद्ध करना (*his accession was ~d by an amnesty*)।

signaller n. संज्ञापक, संकेतक, संकेतकार, सन्देशक, संकेत देनेवाला, सिगनल देनेवाला, सिगनलर।

signalling n. संकेतन, संज्ञापन।

signatory n. & a. हस्ताक्षरकर्त्ता, स्वाक्षरकारी, सन्धि या समझौतेका हस्ताक्षरी, दस्तखत करनेवाला (*the ~ies or ~ powers to the treaty of Berlin*)।

signature n. स्वाक्षर, हस्ताक्षर, प्रथमाक्षर, नामाक्षर, सही, दस्तखत; (प्रा०) संकेत, लक्षण, बाह्य चिह्न, स्पष्ट रूप, झलक (*has the ~ of passion, of early death, in his face*); (मुद्रणमें) फर्मेके पहले पृष्ठपर अंकित अक्षर या अंक।

signed a. हस्ताक्षरयुक्त, हस्ताक्षरित (*~ copy*)।

signer n. हस्ताक्षरकर्ता, सही करनेवाला, दस्तखत करनेवाला।

signet n. मुद्रा, मुद्रिका, राजमुद्रा, छोटी मुहर; ~-ring मुद्रिका, मुँदरी, मुहरवाली अँगूठी; the ~ राजकीय मुद्रा, शाही मुहर।

significance, -cy nn. वैशिष्ट्य, गुरुत्व, गौरव, प्रतिष्ठा, महत्त्व, उल्लेखनीयता, मान्यता, कद्र (*what he thinks about it is of no ~*); अभिव्यंजकता, सारगर्भिता, सार्थकता, अर्थपूर्णता, अर्थवत्ता, अर्थशक्ति (*there is no ~ in his eyes*); अभिप्राय, अर्थ, तात्पर्य, भाव, हार्द, मन्तव्य, मानी, मतलब (*those were the words, but what is their ~ ?*)।

significant a. विशिष्ट, महत्त्वशाली, प्रभावपूर्ण, प्रभावशाली, प्रचुर, विपुल, महत्त्वपूर्ण, उल्लेखनीय, मान्य, बड़ा (*~ error, exception*); अर्थान्वित, सार्थक, अर्थपूर्ण, अर्थबोधक, अर्थयुक्त, अर्थगर्भ, सार्थ, अर्थवान् (*is a ~ termination*); व्यंजक, अभिव्यंजक, अभिधायक, सूचक, ध्वन्यात्मक, सांकेतिक, लाक्षणिक, उद्बोधक, आकर्षक।

signification n. तात्पर्य, अभिप्राय, सारार्थ, यथार्थ, अर्थ, भावार्थ, मानी, मतलब; (क०) मूल्यांकन, संवहन, सार्थकता, शब्दशक्ति; अर्थद्योतन।

significative a. अर्थविशिष्ट, संकेतपूर्ण, लक्षणयुक्त; द्योतक; = SIGNIFICANT.

significativeness n. अर्थविशिष्टता, अर्थवत्ता, संकेतपूर्णता, लक्षणयुक्तता, अर्थयुक्तता, प्रमाणद्योतकता, अर्थगर्भता।

significator n. अर्थद्योतक व्यक्ति या वस्तु, अभिप्रायी व्यक्ति या वस्तु, सारार्थी, भावार्थी, मानी रखनेवाला, मतलब बतानेवाला।

significatory a. तात्पर्ययुक्त, अर्थवान्, अर्थयुक्त, अभिप्रायपूर्ण, प्रमाणपूर्ण।

significs n. शब्दार्थशास्त्र, अर्थविज्ञान।

signified a. व्यक्त, द्योतित।

signify v.t. & i. महत्त्वका होना, महत्त्वपूर्ण होना, गुरुत्वका होना, मूल्य या वजन रखना; द्योतित करना; अभिप्राय रखना, अर्थ बतलाना, मतलब रखना, मानी देना (*D. D. ~ies doctor of divinity*); संकेत करना या सूचक या द्योतक होना, सूचना देना, जताना (*a long upper lip ~ies obstinacy*); संवहन करना, व्यक्त करना, प्रकट करना, विख्यात करना (*he ~ied his reluctance,t hat he could not consent*)।

signing n. हस्ताक्षरण, हस्ताक्षर करना।

signor n. (इटलीमें) श्रीमान्, महाशय।

signora n. (इटलीमें) श्रीमती।

signoria n. (इति०) इटलीकी नगरपालिका।

signorina n. (इटलीमें) कुमारी।

sike n. स्रोतक, लघु स्रोत, क्षुद्र स्रोत, छोटा नाला।

Sikh n. सिख।

Sikhism n. सिखमत, सिखधर्म।

silage १. n. हरित, रखा हुआ हरा चारा (*~-cutter*); २. v.t. चारा सुरक्षित रखनेके गड्ढे या बन्द कमरेमें डालना या रखना, = SILO.

silence १. n. निस्तब्धता, मूकता, मूकभाव, मौन, तूष्णीभाव, नीरवता, अनालाप, अभाषण, निःशब्दता, वाक्कृपणता, रहस्यमयता, रहस्यपूर्णता, गुप्तभाव, वर्णनाभाव, शान्ति, चुप्पी, चुप्पापन, सन्नाटा, अबोला, खामोशी (*the ~ of Scripture on the subject*); विस्मृति, विस्मरण, गुमनामी (*have passed into ~*); २. v.t. निरुत्तर करना, तर्कसे चुप करना, बलपूर्वक या जोर देकर चुप करना, शान्त कर देना, मुँह बन्द करना, मुँह तोड़ना, दबा देना (*~ed the enemy's batteries, the best debaters in the House, the voice of conscience*); *break ~* बात

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

करना, कहना, बोलना; *in* ~ चुपके, बिना किसी ध्वनि या भाषणके, बिना बोले या आवाज किये; *keep* ~ शान्त रहना, चुप रहना, खामोश रहना; *put to* ~ निरुत्तर करना, खामोश कर देना; *S*~ ! शान्त रहो, चुप रहो, शोर मत करना, हल्ला मत करो, शान्त ! चुप ! खामोश ! जबान बन्द करो; ~ *is gold* सबसे भली चुप; ~ *is half consent* मौनं स्वीकृति-लक्षणम्; ~ *seldom doth harm* एक चुप सौ संकट टालती है।

silenced a. रुद्धमुख, शान्त किया गया, चुप किया गया; उपदेश देनेके लिए निषिद्ध; निरुत्तर, निरुत्तरीकृत।

silencer n. ध्वनि-अवरोधक, मूककारी, बन्दूक इंजन आदिमें आवाजको धीमी करनेवाला यन्त्र, आवाज-रोक।

silent a. अनुच्चरित, ध्वनिरहित, नीरव, निःशब्द, निस्तब्ध, अनालापी, शान्त, मौन, मौनी, मूक, निरुत्तर, चुप, खामोश, बेआवाज; अल्पभाषी, स्वल्पभाषी, वाक्कृपण, अनबोल, चुप्पा; चुपचाप, स्तब्ध, गुमसुम, जबानबन्द (*history is* ~ *upon it*); ~ film मूक पट, मूक चित्र, अनबोलती फिल्म; ~ letter मूकाक्षर, अनुच्चरित वर्ण; ~ partner ⊙ शान्त सहभागी, निष्क्रिय साझीदार (जो व्यवसायकी व्यवस्थामें किसी प्रकारका कोई हस्तक्षेप नहीं करता है); the ~ system शान्ति-नियम, चुप रहनेकी आज्ञा।

silentiary n. (न्यायालयमें) शान्ति-व्यवस्थापक अधिकारी।

silentness n. अनुच्चरितता, ध्वनिराहित्य, नीरवता, निःशब्दता, निःस्तब्धता, अनालापित्व, मौनता, मूकता, निरुत्तरता, खामोशी; अल्पभाषिता, स्वल्पभाषिता, वाक्कृपणता, अनबोलापन, चुप्पी।

Silenus n. गन्धर्व, मदोन्मत्त वृद्ध पुरुष, मस्त बूढ़ा।

silesia n. अवगुण्ठ; पतला पर्देका कपड़ा, सिलीशिया।

silex n. सैकज, सैकजाइम, सिलिका।

silhouette १. n. तिमिरचित्र, काला पक्षचित्र (जिसमें काला रंग भरा जाता है); छायामूर्ति, छायाचित्र (जो प्रकाशके सामने पर्दे या दीवारपर बनता है); २. v.t. छायाचित्र या काले पक्षचित्र द्वारा प्रदर्शित करना, छायाचित्र बनाना, एकरुखा खाका खींचना; *in* ~ काले पक्षचित्र या छायामूर्तिमें देखा गया या बनाया हुआ।

silica n. एक प्रकारका कड़ा पत्थर, सिलिका, सैकजा; ~ basin, ~ brick, ~ capsule, ~ content, ~ dish, ~ dust, ~ gelatin, ~ glass, ~ plate, ~ rod, ~ ware.

silicate १. a. सैकतीय, सिलिकेटी (~ *cotton*); २. v.t. सिलिका बनाना या मिलाना।

silicated a. सैकजामिश्रित, सिलिकायुक्त या सिलिका घुला हुआ, सिलिकावाला, सिलिकेटी (~ *soap*)।

siliceous, silicious aa. सैकत्य, सिलिका-जैसा (~ *matter, rock*)।

silicic a. सैकतिक, सिलिकाका।

siliciferous a. सैकत्य, सैकाजामय, जिसमें सिलिका भरा हो, सिलिका उत्पन्न करनेवाला।

silicification n. प्रस्तरीकरण, सैकजामय, सैकजायित्व, सैकजमिश्रण, सिलिका मिलाना।

silicify v.t. & i. प्रस्तरीभूत करना या होना, सैकजायन करना, सैकजा या सिलिकासे पूरित करना या मिलाना, सिलिकामें बदलना।

silicle n. छोटी छीमी या फली।

silicon n. सैकता, एक अधातु तत्त्व-विशेष; ~ bronze, ~ copper, ~ dioxide, ~ steel.

silicosis n. सैकत रुजा, स्फटिक धूलसे उत्पन्न रोग।

silicotic n. & a. सैकत-रुजा-सम्बन्धी, स्फटिक धूलसे उत्पन्न रोग- सम्बन्धी।

siliqua n. छीमी, फली।

siliquose, -quous n. फलीदार, छीमीदार।

silk* n. चीनांशुक, क्षौम, कौशिक, कौशाम्बर, पटाम्बर, पटवस्त्र, रेशमी वस्त्र; (pl.) कौशेय-परिच्छद, रेशमी पोशाक; कौशेय, कीटसूत्र, पट्ट, पाट, रेशम*, सिल्क (*pure, artificial,* ~) कृत्रिमकौशेय, नकली रेशम, टसर या सेल्युलोजसे निर्मित रेशा या धागा, बाना, डोरा; कुछ मणियोंमें पायी जानेवाली एक विशिष्ट प्रकारकी चमक; (गुण०) रेशमी, रेशमका; (बोल०) राज-उपदेष्टा, राज-समुपदेशी, राजकीय परामर्शदाता, सरकारी वकील, सम्राट्का सलाहकार; ~-fowl रेशमी पंखोंवाला पक्षी; ~-gland कौशेयग्रन्थि, रेशमी गाँठ; *make a* ~ *purse out of a sow's ear* अपनी साधारण योग्यताओंसे ही असाधारण सिद्धियाँ प्राप्त करना; ~ black, ~ blue, ~ cocoon, ~-cotton tree, ~ fibroin, ~ gelatin, ~ glue, ~ green, ~ grey, ~ industry, ~ institute, ~ moth, ~ oak, ~ reel, ~ scarlet, ~-spun, ~ stockings, ~ thread, ~ umbrella, ~ velvet, ~ waste, ~-weaver, ~ wool black, ~worm, ~worm gut, ~worm cocoons, ~ yellow.

silken a. (प्रा०, का०) क्षौमी, कौशेय, पाटी, रेशमी; रेशमकी भाँति मृदु, कोमल, मुलायम, चमकीला, चमकदार, भड़कीला; कौशेयवस्त्रधारी, रेशमी कपड़ोंमें; शिष्ट, सुखद, मोहक, रुचिकर, प्रिय, मधुर, मीठा, लुभानेवाला (आचार, व्यवहार आदि)।

silkiness n. कोमलता, रेशमीपन, चिकनाहट, सफाई।

silky a. रेशमी, सुन्दर, कोमल, चिकना, मुलायम, चमकदमक या मुलायमियतमें रेशम-जैसा; ~ manner प्रिय, सुखद, मधुर आचरण, शिष्टाचार।

sill n. तलसर, तलदण्ड, द्वारमें लकड़ीकी देहली (जिसपर लाकर फाटक लगाते हैं); शिला, तलपट्ट, सिल, देहली, दरवाजेके आगे लगा हुआ लकड़ी या पत्थरका टुकड़ा।

sillabub n. अंगूरी शराब और मक्खनसे मिश्रित जमाया हुआ खाद्य पदार्थ।

siller n. (Sc.) मुद्रा, रुपया-पैसा; रजत, चाँदी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

sillery n. जर्मन शराब।

silliness n. मूढ़ता, मूर्खता, बुद्धिहीनता, जड़ता, भोंदूपन, अनाड़ीपन, नासमझी; सरलता, सीधासादापन, भोलापन, नादानी।

silly १. n. (बोल०) मूर्ख व्यक्ति, गावदी आदमी; २. a. बालिश, मूढ़, मूर्ख, अल्पधी, अल्पमति, अल्पबुद्धि, हीनमति, मन्दबुद्धि, जड़बुद्धि, बुद्धिहीन, बुद्धू, नासमझ, भोंदू, बेवकूफ, गावदी; (प्रा०) सरल, निर्दोष, असहाय, सीधा सादा, भोला, भोला-भाला, नादान; ~ point, short leg (क्रिकेटमें) खेलनेवालेके बिल्कुल पास ही फील्डरका स्थान।

silo १. n. (pl. -s) हरितालय, संग्रहभाण्ड, कोई गड्ढा या कोई हवा बन्द चीज (जिसमें हरी घासको दबाकर पशुओंके चारेके लिए रख देते हैं); २. v.t. इस प्रकारसे हरी घासको सुरक्षित रखना।

silt १. n. शाद, साद, पंकराशि, गाद, नीचे बैठनेवाली मिट्टी; २. v.t. & i. तलमें पड़ी हुई मिट्टी या गिलावका रोकना या पाट देना या अट जाना;

~ analyst, ~ control, ~ deposition, ~-laden waters, ~ loam, ~ regulator, ~ stone.

silted a. सादपूर्ण, गादवाला।

silty a. शादीय, शादवत्, साद-सदृश, तलछटवाली, नीचे बैठनेवाली मिट्टी जैसी; शादोत्पादी, सादपूर्ण, तलछट पैदा करनेवाला।

Silurian a. & n. सिलूरी, प्राचीन लण्डनकी एक जाति; सिलूरी चट्टान (वाला)।

silva n. वनस्पति; वन, जंगल।

silvan, sy- a. आरण्य, वन्य, वन-सम्बन्धी, जंगली; ग्राम्य, ग्रामीण, देहाती।

silver*[1] n. कलधौत, रौप्य, रजत, रूपा*, चाँदी; रौप्यमुद्रा, चाँदीका सिक्का, रुपया (*have you any ~ on you ?*); चाँदीका सामान, बर्तन, औजार आदि (*melted down all his ~ in the king's service*); (गुण०) अतिधवल, रजतोपम, रुपहला, चाँदी-जैसा, चमकीला, भड़कीला; खनकती हुई ध्वनि, खनक (*has a ~ or ~y tone*); फाटोग्राफीके पेपरको आलोकग्राही या फोटो लेने योग्य बनानेमें प्रयुक्त चाँदीका क्षार; ~-fish रजत-मत्स्य, रुपहली मछली-विशेष; रजत-कृमि; ~ fox सितलोमशी, सफेद लोमड़ी, ~ gilt नकली सुनहरा मुलम्मा; चाँदीके मुलम्मेवाला; ~-grey रजत धूसर, चमकीला भूरा रंग; ~-hair रजतकेश, धवलकेश, पलितकेश, रुपहले बाल, पके हुए बाल; ~ jubilee रजत जयन्ती; ~ paper (शिथिलतः) राँग या टीनकी पत्ती; बढ़िया बारीक कागज, पन्नी; ~ plate रजत-पात्र, चाँदीकी तश्तरी; ~ point (एक विशेष प्रकारके कागजपर) चाँदीकी नोंकवाली पेंसिलका (रेखाचित्रांकन) (*a head in ~ point*); ~ sand रेणुका, रजतधूलि, सफेद और बारीक रेत; ~-sereen रजतपट; ~ side गायके गोश्तका पुट्ठेका सबसे अच्छा भाग; ~smith रजतकार, सुनार; ~ streak इंगलिश चैनल; ~-tongued वाग्मी, मिष्टभाषी, मिठबोला, रिझानेवाला, मीठी-मीठी बातें करनेवाला; ~-top पौधोंकी चोटीपर सफेद फफूँदीकी बीमारी; ~ wedding विवाहकी रजतजयन्ती; ~-weed पीले फूलोंवाला रुपहली पत्तियोंका जलीय पौधा; *every cloud has a ~ lining* दुर्भाग्यके काले घनमें आशाकी सुनहरी दामिनी भी छिपी रहती है; *has a ~ tongue* मधुरभाषी, मिष्टभाषी, कुशल वक्ता, भाषणपटु, मीठी-मीठी बातें करनेवाला; *speech is ~ or ~n but silence is golden* बोलना अच्छा, परन्तु चुप रहना उससे भी अच्छा;

~ acetate, ~ arsenate, ~-back, ~-backed, ~ badge, ~-bark, ~ beet, ~ belly, ~ bromide, ~ bromide gelatin, ~ carbonate, ~ chloride, ~ chromate, ~ citrate, ~ coin, ~-copper glance, ~ cyanide, ~ di-chromate, ~-eared ~ fir, ~ foil, ~ fringe, ~ gauge roller, ~ grain, ~ graphite, ~ green, ~ halite, ~ iodate, ~ iodide, ~ king, ~ lactate, ~-lead, ~ leaf, ~-leaved, ~-leaved ironbark, ~-leaved bark, ~ litharage, ~ maple, ~ medal, ~ mercuric iodide, ~-mercury, ~ mirror, ~ nitrate, ~ nitrite, ~ ornaments, ~ oxide, ~ parting, ~ pheasant, ~ phosphate, ~-plating, ~ potassium cyanide, ~ powder, ~ protein, ~ salt, ~ standard, ~ sulphate, ~ sulphide, ~ thio-cyanate, ~ thread, ~ tip, ~ top ~ vine, ~ voltameter, ~-ware, ~ wattle, ~-white, ~ wire, ~ wool, ~ worker.

silver[2] v.t. & i. शीशेकी पीठपर राँगा, पारा आदि चढ़ाना; चाँदीका पत्तर चढ़ाना, चाँदी चढ़ाना या चाँदीकी कलई करना, चाँदीका मुलम्मा चढ़ाना, चाँदीसे मढ़ना; चिकना करना; (बालोंका) पलित करना या होना, सफेद करना या होना: (चन्द्रमा या शुभ्र प्रकाशका) चाँदीकी भाँति चमकना, रुपहला रूप दिखना।

silveriness n. रूप्यवर्णता, शुभ्रता, धवलता, रजतोपमता, रुपहलापन, चमक, चमकीलापन; खनक।

silvering n. रजतन, राँगा चढ़ाना, पारा चढ़ाना, कलई करना, चाँदी चढ़ाना, चाँदीका मुलम्मा चढ़ाना (*~ of lens, mirror, prism*)।

silverize v.t. राँगा चढ़ाना, पारा चढ़ाना, कलई करना, रुपहला पानी चढ़ाना या मुलम्मा चढ़ाना।

silverling n. चाँदीका सिक्का।

silvern a. (प्रा०) रौप्य, रौप्यनिर्मित, रजतनिर्मित।

silvery a. शुक्ल, शुभ्र, अति धवल, चमकदार, रूप्यवर्ण, राजत, रजतोपम, रुपहला, चाँदी-जैसा।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

silvicultural a. वनवर्धकीय (~ *skill, system*)।
silviculture, sy- n. वनविज्ञान, वनवर्धन।
simian n. & a. पुच्छहीन वानर(-वत्), वानर या बन्दर (जैसा); (जन्तुवि०) नरवानर (सम्बन्धी), वनमानुष-, बन्दर (का)।
similar १. n. समान वस्तु, परस्पर मिलनेवाली वस्तु; (pl.) समान वस्तुएँ, एकसी चीजें; २. a. तत्सम, अनुरूप, तुल्य, सम सदृश, समान, समरूप, एकरूप, सजातीय, एक-सा, भाँति, वैसा ही, उसी प्रकारका, मिलता-जुलता, बराबर, एकसरीखा, एक तरहका; (रेखा०) समरूप, समाकृति, समाकार।
similarity n. सारूप्य, समरूपता, अनुरूपता, समता, साम्य, मानता, सादृश्य, तुल्यता, सजातीयता, एकसरीखापन, मेल।
similarly adv. तद्वत्, तथैव, समान रूपसे, वैसे ही, उसी प्रकारसे।
similative a. सादृश्यद्योतक, सदृशताभिव्यंजक।
simile n. सादृश्य, उपमा, तुल्यता (*the ~ of the dome of many-coloured glass*); निदर्शना; उपमा-अलंकार (*a style rich in ~ and metaphor*)।
similitude n. साम्य, सादृश्य, समरूपता, समानता, तुल्यता, अनुरूपता; रूप, बाह्यरूप, वेश, भेस (*in, assume, the ~ of*); निदर्शना, उपमा, तुलना, बराबरी (*talks in ~s*); प्रतिरूप, प्रतिच्छाया, प्रतिलिपि, प्रतिमा, जीता-जागता चित्र, नकल (क०; *is the very ~ of*)।
similize v.t. & i. उपमा देना, तुलना करना; उपमा अलंकारके द्वारा बताना, उपमाके द्वारा स्पष्ट करना।
similor n. नकली सोना।
simioid a. नरवानरवत्।
simmer १. n. हलका उबाल, धीमा उबाल, खदकना, खदबदाना; (ला०) अवरुद्ध क्रोध या रुद्ध हास्यकी अवस्था (*at a* or *on the ~*); २. v.t & i. धीरे-धीरे पकना, धीमे-धीमे खौलना, खौलनेवाला ही होना, उबलनेको होना, उबलनेके करीब रखना, खदकना, खदबदाना, सनसनाना, चुरना; (ला०) अवरुद्ध क्रोधकी अवस्थामे होना, रुद्ध हास्यको व्यक्त करने लगना, क्रोधसे भीतर-भीतर जलना, खीजना, भभकना, ताव खाना; ~ *down* शीतल करना, ठण्डा करना।
simnel n. सिमनेल, (एक प्रकारका केक)।
simoniac n. गिरजाके याजकीय पदके क्रय विक्रयका अपराधी।
simoniacal a. धर्मपद-व्यापारी; धर्मपदविक्रयापराधी; गिरजेके धर्मपद-क्रय-विक्रय-सम्बन्धी।
Simon Pure n. वास्तविक व्यक्ति या यथार्थ वस्तु, असली चीज (प्रायः *the real ~*)।
simony n. धर्मपदविक्रय; धर्मालय या गिरजाघरके याजकीय पदके क्रय-विक्रयका अपराध।
simoom n. उत्तप्त वायु, अरबके मरुस्थलकी धूलभरी आँधी, लू-का अन्धड, सिमूम।
simous a. नतोदर, खोखला।
simper १. n. विकृत स्मिति, झूठी हँसी, बनावटी मुसकान; कृत्रिम हास्यपूर्ण भावप्रदर्शन; २. v.t. & i. कृत्रिम या झूठी हँसी हँसना, मूर्खतापूर्वक या बेढंगेपनसे मुस्कराना, दाँत निकाल देना, खीस काढ़ना; कृत्रिम हँसीके द्वारा प्रकट करना, दाँत निकालकर जताना, खीस काढ़कर कहना।
simperer n. कृत्रिम या विकृत हँसी हँसनेवाला, बनावटसे मुसकरानेवाला।
simple १.n. ओषधिके रूपमें प्रयुक्त एक जड़ी, सिम्पल; इस जड़ीसे तैयार औषध; २. a. ऋजु, सहज, अकृत्रिम, अनलंकृत, सज्जारहित, अवक्र, सुगम, अजटिल, अकष्टसाध्य, सीधा, सरल, आसान, सादा*, बिना उलझनके, सीधा-सादा, बिना साजबाजके (*the style is ~*); शुद्ध, अविश्लेषणीय, मात्र, केवल, निरवयव, एकरूप, सरल, असंयुक्त, अमिश्रित, निरा, खालिस; साधारण; नैसर्गिक, प्राकृतिक, स्वाभाविक, कलाहीन, अकुटिल, अकृत्रिम, कूटतकरहित, पाखण्डरहित, सीधा-सादा, सरल आकृति एवं आचरणका (*a ~ person*); विनम्र, विनीत, सुशील, शालीन; सुकर, सुगम, सुबोध, बोधगम्य, सरल, सहज, शीघ्रबोध, कष्टरहित, आसान, सहल, बिना कठिनाईका (*the problem is very ~*); समग्र, पूरा, निर्बन्ध, बन्धन-रहित, शुद्ध, निरपेक्ष, पूर्ण, मात्र, मूल, केवल, विशेषता-रहित, गुणहीन, समुचित, उपयुक्त, ठीक, सही, वाजिब; अज्ञ, अनभिज्ञ, अज्ञाना, क्षुद्रमति, अनुभवहीन, मूर्ख, मूढ़, नासमझ, बुद्धू, नादान, अनाड़ी, फूहड़ (*am not so ~ as to suppose*); क्षुद्र, तुच्छ, महत्त्वहीन, अमहत्त्वपूर्ण; निम्न श्रेणी या पदका, नीचे दर्जेका, मामूली; ~ equation सरल समीकरण; ~ forms of life विकास-सिद्धान्तके अनुसार निचली श्रेणीके जीव, साधारण जीव-जन्तु; ~ fracture साधारण अस्थिभंग, हड्डी टूटना; a. ~-hearted निष्कपट मानस, सरलहृदय, शुद्धहृदय, सीधा-सादा; ~-minded ऋजुस्वभाव, सरलचित्त, सीधा-सादा; ~ quantity सरल मात्रा (जो एक ही संख्यासे व्यक्त हो सके); *induction by ~ enumeration* कुछ थोड़ेसे उदाहरणोंके आधारपर निर्मित अनुमान; *in ~ beauty* अनलंकृत, सज्जारहित, बिना साजसिंगारके;

~ addition, ~ arithmetic, ~ calculation, ~ details, ~ formula, ~ fracture, ~ hypothesis, ~ imprisonment, ~ machine, ~ proportion, ~ salt, ~ sentence, ~ structure, ~ unit.

simpleness, simplicity nn. साधारणता, शुद्धता, एकरूपता, अमिश्रता, असंयुक्तता; समग्रता, पूर्णता; उपयुक्तता, समुचितता; सारल्य, सरलता, सहजता, अनलंकारता, अजटिलता, सीधा-सादापन, सादगी; स्वाभाविकता, निष्कपटता, अकृत्रिमता, भोलापन; सुबोधता, सुकरता, आसानी; अनुभवहीनता, मूढ़ता, क्षुद्रता।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

simpler n. शाक-चेता, जड़ी-संचयिता, बूटियाँ एकत्र करनेवाला।

simpleton n. अल्पज्ञ, अल्पमति, मूर्ख, मूढ़, गोबर-गणेश, बुद्धू, भोंदू, गावदी, अनाड़ी, उजबक, उल्लू आदमी, अहमक।

simplex a. = SIMPLE.

simpliciter adv. बिना अभिप्रायके, बिना मतलब, बिना व्यंजना किये हुए।

simplicity n. SIMPLENESS.

simplification n. सरलन, सरलीकरण, सुगमीकरण, सरल बनाना; सारल्य।

simplified a. सरलित, सरलीकृत (*~ method*)।

simplify v.t. सरलन करना, सरलीकरण करना, सरल करना, सुगम करना, सुकर बनाना, सहज करना, विशद करना, सुबोध या स्पष्ट बनाना, आसान करना।

simplism n. कृत्रिम सरलता, मिथ्या साधुत्व, बनावटी भोलापन, दिखावटी सादगी।

simplist n. जड़ी-बूटियोंका जानकार।

simulacrum n. (pl. *-ra*) छायासादृश्य, छायात्मक समरूपता, छलरूप, कपटरूप, कपट, छल, नकली वस्तु, नकल; प्रतिरूप, मूर्त्ति, प्रतिच्छाया।

simulant a. कृत्रिम, छद्माकारयुक्त, छद्मरूपधारी, कपटरूप, नकली शङ्कुका (*stamens ~ of petals*)।

simulate v.t. स्वाँग करना, छल करना, झूठा रूप बनाना, पाखण्ड करना, ढोंग करना, बनना, धारना (*~ virtue*); बिल्कुल वैसा ही व्यवहार करना, होनेका बहाना करना, भाण बनाना, भँड़ैती करना, वेश बनाना, रूप धारना, हूबहू मिलना, नकल करना; (शब्दका) स्वांग भरना, परिवर्तित रूप धारण करना (अशुद्ध व्युत्पत्तिके आधारपर) (*actor ~s king* etc.)।

simulated a. कूटपूर्ण, छलमय, नकली।

simulation n. अनुकरण, भाणपन, नकल; छद्म, कपट, छल; व्याज, बहाना, ढोंग; पाखण्ड, स्वाँग, वेशपरिवर्तन; परिवर्तित रूपग्रहण।

simulative a. अनुकरणात्मक, भाणपन-भरा, नकल-वाला; कपटमय, कपटशील, पाखण्डपूर्ण, छलयुक्त; व्याजात्मक, बहानेदार, ढोंगदार।

simultaneity n. समकालिकता, समकालीनता, समसामयिकता, युगपदता, एकवक्ती।

simultaneous a. समकालिक, समकालीन, समसामयिक, युगपद्, यौगपदिक, एककालिक, एकसाथ, एक ही समयका, एकदम (*~ reaction*)।

simultaneously adv. युगपत्, साथ ही साथ, एक ही समयमें।

simultaneousness n. समकालिकता, समकालीनता, समसामयिकता, युगपदता, युगपद्भाव, यौगपदिकता, एककालिकता, हमवक्ती।

simurg n. (ईरानी पुराण) सीमुर्ग, महापक्षी।

sin १. n. (सुरुचि या सदाचारके) विरुद्ध आचरण, (ईश्वरीय विधान या नैतिक सिद्धान्तोंके विरुद्ध) अपराध, धर्मोल्लंघन, अधर्म, नीतिभंग, कल्मष, दुरित, अघ, दोष, कुकर्म, पातक, पाप, अपकर्म, दुष्कर्म, दुराचार, पापकर्म, गुनाह; (गणित) ज्या; २. v.t. & i. (सभ्यता, धर्म आदिके) विरुद्ध व्यवहार करना, अपराध करना, पाप या गुनाह करना; *~*-offering पापमुक्तिके हेतु बलिदान, उपहार, भेंट, नजर, कुरबानी; *for my ~s* (हास्य०) अपने पापोंके परिणामस्वरूप, अपने बुरे कर्मोंके बदलेमें; *seven deadly ~s* सात भयानक पाप (घमण्ड, लोभ, क्रोध, विलास, असन्तोष, ईर्ष्या, आलस्य); *~ is sweet* चोरीका गुड़ मीठा; *~* one's *mercies* कृतघ्न होना, सौभाग्यके लिए भी आभारी न होना।

Sinanthropus n. चीनी वनमानुष।

sinapism n. राईकी लुपड़ी या पुलटिस।

since १. adv. विशिष्ट भूतकालसे लेकर, तबसे, अब तक, उन दिनोंसे, जबसे (*has* or *had been healthy ever ~*); २. prep. अमुक समयसे लेकर बराबर, (विशिष्ट भूतकालके) उपरान्त, पश्चात्, बाद, उस समयसे (*has* or *had been going on ~ 1900* or *Christmas*); ३. conj. क्योंकि, जोकि, इसलिए कि (*a more dangerous, ~ unknown, foe*); इतना होनेपर, यह देखते हुए कि (*~ that is so, there is no more to be said*); उस समयसे, इस समय तक, अबतक, तबसे (*what have you done ~ we met?*)।

sincere a. शुद्ध, सहज, सरल, ऋजु, हार्दिक, शुद्धमति, शुद्धात्मा, सद्भावी, स्पष्ट, अकृत्रिम, यथार्थ, आडम्बररहित, स्वाभाविक, वास्तविक, निष्पाप, निश्छल, निर्व्याज, निष्कपट, सत्यशील, सच्चा, असल, सही, ठीक-ठीक, साफ, ईमानदार, खरा, बेलाग।

sincereness n. = SINCERITY.

sincerity n. सरलता, सारल्य, शुद्धहृदयता, निष्कपटता, विमलात्मता, निश्छलता, सत्यनिष्ठा, यथार्थता, ईमानदारी, सचाई।

sinciput n. अग्रोत्तर मस्तक, खोपड़ीका अग्रभाग।

sindon n. वेष्टन, आवेष्टन, वस्ता; आवेष्टन-पत्र, बाँधनेका कागज, बेठन।

sine n. (त्रिकोण०) (*~ of arc*) ज्या, लम्ब-रेखा (जो चापके एक सिरेसे उस त्रिज्यापर पड़ती है जो उसके दूसरे सिरेसे मिलती है); (*~ of angle*) लम्ब-रेखाका त्रिज्याके साथ अनुपात;

~ condition, *~* galvanometer, *~* inverse, *~* method.

sinecure n. कार्यभाररहित नौकरी, सक्रिय-सेवा-शून्य वैतनिक पद, चैनकी नौकरी, आरामकी नौकरी।

sinecurism n. कार्यभाररहित जीविकावाद, बिना कामकी चैनकी नौकरीका ढंग।

sinecurist n. कार्यभारविहीन वेतनभोगी, कुछ न करके पूरे वेतन और पदप्राप्तिका पक्षपाती।

sinew १. n. स्नायु, अस्थि-मांसपेशी-संयोजक शिरा, कण्डरा, नस; (pl. शिथिलतः) मांसपेशी, पुट्ठा; बल-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

शालिता, बलवत्ता, शारीरिक शक्ति, जोर, ताकत; (ला०) स्रोत, साधन, संचालक शक्ति; २.v.t. (का०) संघटित रखना, सम्हालना, धारना; कण्डराके काम आना; गाँठना, गूँथना, जोड़ना; पुष्ट करना; ths ~s of war युद्ध-साधन (धन, सैन्य-सामग्री आदि)।

sinewed a. सस्नायु, स्नायवित, स्नायुयुक्त, शिरामय, कण्डरामय, नसदार; बलयुक्त, दृढ़, पुष्ट, जोरदार।

sineweiness n. कण्डरायुक्तता; बलशालिता, बलवत्ता, शक्तिमत्ता, बल, पुष्टता, दृढ़ता, मजबूती।

sinewless a. कण्डरारहित; शक्तिहीन, कमजोर।

sinewy a. स्नायुमय, कण्डरायुक्त; पुष्ट, प्रबल, सबल, बलवान्, पुष्ट, ताकतवाला।

sinful a. दुष्ट, आततायी; धर्मोल्लंघक, नीतिभंजक, कल्मषी, दुरितमय, अघमय, पातकी, पापी, पापात्मा, कुकर्मी, दुष्कर्मी, दुराचारी, गुनाहगार।

sinfulness n. दुष्टता, आततायिता, धर्मोल्लंघता, नीतिभंग, पाप, कल्मषता, अघमयता, पातकिता, पापीपन, पापमतिता, दुराचारिता, गुनाहगारी।

sing v.t. & i. ध्वनि निकालना, गान गाना गायन करना, गीत गाना, चहकना, गलेसे सुर निकालना (*birds were ~ing*); गाना, अलापना; ध्वनि निकालना, गुंजारना, गूँजना, भनभनाना, कूजना, चहचहाना, सीटीकी आवाज निकालना (*wind, kettle, bee, ~s*); (कानोंका) बजना, गूँजना (*have a ~ing in* one's *ears*); काव्यरचना करना, कविता कहना (सौन्दर्य, महान् घटना, वीर पुरुष आदिपर); अतीत या आगामी वर्षकी गायनसे विदाई या स्वागत करना; गाकरके प्रसन्न करना या सुलाना; ~ *another song* or *tune* धीमा स्वर करना, स्वर बदलना; ~ *small* अत्यधिक विनम्र होना या विनीत होना, विषण्ण या उदास होना, हीन होना; ~ one's *praises* प्रशंसा करना, गुण गाना, तारीफ करना; ~ *out* घोषणा करना, चिल्लाना, जोरसे पुकारना।

singable a. गेय, गाने योग्य, गाने लायक।

singe n. & v.t. & i. झुलसना, झुलसाना, थोड़ा-थोड़ा जलना या जलाना, अधजला करना, दागी करना, दाग लग जाना; ~ one's *feathers* or *wings* किसी बड़े कामके यत्नमें हानि उठाना, नुकसान सहना।

singer n. गायक, गानेवाला, गवैया।

Singhalese n. सिंहली, सीलोनी (भाषा)।

singing १. n. गायन, गाना; गीत, गीति; २. a. गानेवाला; ~ing-man वैतनिक गायक; ~ing-voice आरोह-अवरोहपूर्ण ध्वनि, सुरीली ध्वनि।

single[1] १. n. क्रिकेटमें एक रनकी हिट (जिसमें कुल एक ही रन बनाया जा सके); एक-एकका खेल (जिसमें दोनों ओर एक-एक खिलाड़ी हों); इकहरा टिकट; (ताशके छोटे हिस्ट खेलमें) ५-४ से जीता हुआ दाँव या बाजी; (pl.) इकहरे तारोंसे बटे हुए रेशमी धागे; २. a. एकी, एकल, केवल एक व्यक्तिके लिए अथवा एक जनके द्वारा प्रयुक्त या सम्पादित, अविभक्त, एक, एकमात्र, केवल एक, इकहरा; स्वतन्त्र; निरवलम्ब, असहाय, एकान्त, ऐकान्तिक, एकाकी, अद्वितीय, अकेला, तनहा (*a ~ tree stands on the ridge*); अनूढ़, अविवाहित, कुँवारा; (निषेधात्मक प्रयोगोंमें) न्यून, बिलकुल एक, एक भी, कोई भी (*did not see a ~* one); निपुण, चतुर, निष्कपट, विश्वासी, स्थितिशील, द्विविधा-रहित, निश्छल, सत्य, अमिश्रित, शुद्ध, सच्चा, दृढ़, खरा, पक्का, बेलाग; a ~ eye उद्देश्यानुरक्ति, लक्ष्यासक्ति, एक धुन, एकमात्र लगन या लगाव; ~ bed इकहरा बिछौना; अकेलेका बिछौना; ~ blessedness (हास्य०) अविवाहित अवस्था, कुँवारेका जीवन; कुँवारपन; ~ court लॉन टैनिस आदिमें एक-एकके खेलका मैदान; ~ game एक-एकका खेल (जिसमें दोनों ओर एक-एक खिलाड़ी हो); ~-handed एकाकी, अकेला; ~ heart *or* mind चरित्रकी सरलता, आर्जव, साइलग, सादगी; ~-hearted एकचित्त; ~-storeyed एकतला, एकमंजिला;

~ account, ~ account system, ~ acting, ~ adult, ~ arm, ~-banked, ~-barrelled, ~-bodied, ~ bond, ~ brass, ~-breasted, ~ butt joint, ~-celled, ~-chamber, ~ colour printing, ~ cost, ~ cost accounts, ~ cover, ~ crop area, ~ crystal, ~ cuspid, ~-decker, ~-deck vessel, ~ dose, ~ driver locomotive, ~ drop, ~-edged, ~ endowment, ~ entry, ~ entry system, ~ event, ~-eyed, ~ fare, ~ file, ~ flap door, ~-foot, ~-grained, ~ journey, ~-layered, ~ lens, ~ line, ~-line stream, ~-loader, ~ lock, ~-mantled flame, ~-notched, ~ option, ~ pan, ~ phase motor, ~ piece, ~ pole tent, ~ pulley, ~-riveted, ~ row, ~-seater, ~ shear, ~ slip crossing, ~ standard, ~ stem silviculture, ~ stick, ~ stitch, ~ strap, ~ suites, ~-surfaced, ~ tabulation, ~ tax, ~ tax system, ~-textured, ~-threaded, ~ touch, ~ transaction, ~ transfer, ~ transferable vote, ~ tree, ~ trial, ~ unit, ~ unit train, ~-valued, ~ weights, ~ woman, ~ yarn.

single[2] v.t. (*out* के साथ, किसी विशेष अभिप्रायके लिए बहुतोंमेंसे एक) निकालना, उदाहरणके रूपमें चुनना, निराना, छाँटना।

singleness n. निःसंगता, ऐकान्तिकता, एकाकीपन, अकेलापन, तन्हाई; असहायता; अविभक्तता, कैवल्य, अनन्यभाव, अनन्यता; इकहरापन; निपुणता, निष्कपटता, द्विविधाहीनता, दृढ़ता, सचाई।

singlet n. कुर्ता या कमीजके नीचे पहननेका वस्त्र, फतुही, बनियान।

singleton n. एकमात्र वस्तु, एकमात्र सन्तान या बच्चा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

आदि; खिलाड़ीके हाथमें एक रंगका एकमात्र पत्ता।

singsong १. n. कुत्सित स्वर, आरोह-अवरोह-विहीन लय, एक-सी लय या धुन; कुगीत, अताई गान; बोलचालमें एकरूप या नीरस उतार-चढ़ाव; अताई गानकी सभा; २. v.t. & i. (कविता आदिका) एक लयमें पाठ करना या एक लयमें बोलना, बेसुरा गाना; ३. a. नीरस, एक ही लय या धुनमें गाया हुआ।

singular १. n. (व्या०) एकवचन; एकवचनात्मक शब्द; २. a. एकवचनात्मक, एकवाची; व्यष्टिगत, व्यक्तिगत, वैयक्तिक, एकमात्र, अकेला; विचित्र, विलक्षण, विस्मयकारी, अद्भुत, लोकोत्तर, अलौकिक, असामान्य, विशिष्ट, बहुत ही असाधारण, असामान्य, असाधारण, महत्त्वपूर्ण, अनोखा, निराला, औसतसे परे (*~ point*); (अब क०) अनन्य, अप्रतिम, अद्वितीय, अपूर्व, अनुपम, विलक्षण, बेजोड़; परम्पराविरुद्ध, विचित्र रूपमें व्यवहार करनेवाला, विक्षिप्त-सा, पागल-सा, बेढंगा, बेतुका; *all and ~* सामूहिक रूपसे या व्यक्तिगत ढंगसे, अलग-अलग।

singularism n. एकसत्तावाद, एकशक्तिवाद, एकेश्वरवाद।

singularist n. एकसत्तावादी, एकशक्तिवादी, एकेश्वरवादी।

singularity n. एकवचनात्मकता; एकमात्रता; विशिष्टता, असाधारणत्व, असाधारणता, विलक्षणता, विचित्रता, अपूर्वता इत्यादि विशेषणगत अर्थोंमें; असंगति।

singularization n. एकवचनीकरण।

singularize v.t. एकवचनका रूप देना, एकवचन बनाना।

singultus n. हिक्का, हिचकी।

Sinhalese a. & n. सिंहली, सीलोनी (भाषा या वासी)।

sinical n. ज्या-विषयक, ज्या-सम्बन्धी।

Sinicize v.t. & i. (चीन देश) चीनीकरण करना, चीना बनाना; चीनीकृत होना, चीनी बनना।

Sinify v.t. = SINICIZE.

sinister a. घोर पातकी, पापी; दुष्ट, कुटिल, वक्र, बुरा; अमंगल, अमंगलसूचक, दुर्भाग्यजनक, अशुभ, अकल्याणप्रद, अपशकुनयुक्त, मनहूस; (हास्य०) वाम, बाँया; खल, अनिष्टकारी, दुष्ट, कुटिल, कुरूप, बुरा, भद्दा, बदसूरत (रूप, दृष्टि या चेहरा); (अग्रदौ०) ढालकी बाईं ओरका।

sinistrad adv. वामाभिमुख, बाईं ओर।

sinistral a. (क्व०) वामस्थ, वामपार्श्ववर्ती, बाईं ओरका; बाईं ओरको घूमनेवाले वृत्त या चक्रवाला, उलटें छल्लोंवाला (शंख)।

sinistrality n. वामपार्श्वता, बायाँपन।

sinistration n. वामाभिमुख वक्रता, बाईं ओरकी या उल्टी, वर्तुलता।

sinistrorsal a. = SINISTRAL.

sinistrous a. = SINISTRAL.

sink[1] n. जलनिर्गम, अपवाहिका, गन्दे पानीका कुण्ड, गड्ढा, नावदान, नाली, मोरी (अब प्रायः ला०; *the Chinese quarter is a ~ of iniquity*); दलदल या पोखर; सीसे या चीनी मिट्टीकी ऊँची-सी नाँद; रंगमंचका खुला भाग (जिसमेंसे पर्दा उठता है और गिरता है)।

sink[2] v.t. & i. डूबने देना, जल या भूमिके नीचे भेजना, डुबोना, गर्क करना (*would sooner ~ the ship than surrender*); डूबना; अदृष्ट बनाना, दृष्टिके परे करना, कोई संकेत न करना, रहस्य या पृष्ठभूमिमें रखना, छिपाना, आँखोंसे ओझल करना, चुराना, लुकाना, लुकना; डुबोना, बैठाना, धँसाना, तल नीचा करना, उतारना; गलाना, नाश करना, बिगाड़ना; खनन द्वारा निकलना, खनना, खोदना, कुरेदना, उरेहना; पैठना, बींधना, छिदना, धँसना, रास्ता बनाना, घुसना (*lesson sank into the mind or memory*); पतित होना, अधःपतित होना, पतन या ह्रास होना, धीरे-धीरे नीचेकी ओर गिरना, दबना, झुकना, अस्त होना, क्षितिजके नीचे जाना या डूबना, ढलना, नीचे बैठना, (*sun is ~ing*); मृत्युको प्राप्त होना या नष्ट होना, क्रमशः समाप्त होना, गिरना, उतरना (*my spirits sank*); तह या पेंदेमें बैठना, जमना; निराश होना, हताश होना, साहस छोड़ना, मन गिरना, दिल बैठना, कुम्हलाना, हिम्मत टूटना; *darkness sank upon the scene* अँधेरा छा गया; *dye ~s in* रंग घुलता है; *her eyes sank* नेत्र विनत हो गये, आँखें नीचे झुक गयीं; *here goes, ~ or swim* डूबें या पार लगें अब तो नाव पानीमें डाल दी; *life is ~ing* जीवनका अन्त हो रहा है जिन्दगी खतम हो रही है; *~ a die* ठप्पे बनाना, मुहर खोदना; *~ a fact* किसी बातको अप्रकट रखना, गुप्त रखना; *~ in one's estimation* किसीकी दृष्टिमें हीन होना, नजरोंमें गिरना; *~ shaft, well* कुँआ खोदना या जमीनमें छेद करना; *voice ~s* आवाज मन्द होती है, धीमी होती है, बैठती है।

sinkable a. डूबने योग्य, नीचे गिरने लायक; धँसने योग्य, घुसने लायक; डुबाने, छिपाने या खोदने योग्य।

sinkage n. निपतन, नीचे बैठना।

sinker n. डूबने या डुबोनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); निमज्जक (*~ method*)।

sinking n. डूबना या डुबोना इत्यादि (क्रियागत अर्थोंमें); आन्तरिक क्षोभ, अवसन्नता, आतंक अथवा क्षुधाजनित अवसाद, दिल बैठना; *~-fund* निक्षेपनिधि, ऋणनिवारण-निधि, ऋणपरिशोध-कोष, धीरे-धीरे ऋण-परिशोधक धन, कर्जअदाई-फण्ड; the *~-fund* व्ययके अतिरिक्त राजस्वकी बचत (जो राष्ट्रीय ऋणके भुगतानमें लगाई जावे); *raid the ~-fund* इस प्रकारके बचतके धनको भी वर्षमें किन्हीं और मदोंमें लगा देना।

sinless a. निष्पाप, पापरहित, पापहीन, पापमुक्त, निर्दोष, अनघ, निरपराध, पवित्र, बेगुनाह।

sinlessness n. पापहीनता, पापमुक्तता, निर्दोषता,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अनघत्व, बेगुनाही।

sinner n. पापी, पातकी, दोषी, कुकर्मी, पाप करनेवाला, बदकार (प्रायः हास्य०, *you young ~*)।

sinogram n. चीनी लिपि, चीनी अक्षर।

sinologer n. = SINOLOGUE.

sinological a. चीन-शास्त्र-विषयक, चीनी भाषा-सम्बन्धी, चीनी इतिहास-सम्बन्धी।

sinologist n. चीनशास्त्री, चीनी भाषा, इतिहास या रीतिनीति आदिका विशेषज्ञ।

sinologue n. चीनी भाषा या इतिहास तथा राजनीति आदिका पण्डित।

sinology n. चीनशास्त्र, चीनी भाषा या इतिहास तथा रीति-नीतियों आदिका शास्त्र।

sinophil a. चीनी-पर, चीनी प्रिय, चीनी भाषा या संस्कृतिका प्रेमी।

Sinophobe n. चीनी-भीति, चीनी भाषा या व्यक्तिका भय।

sinter n. साद, निसाद, संपुंजन, सोतोंकी तहमें जमी हुई मिट्टी आदिसे निर्मित सैकत्य (बालूकी) या चूर्णीय (चूनेकी) चट्टान।

sinuate[1] v.t. वक्रित करना, लहरदार करना।

sinuate[2] a. (विशे० वन०) वक्रप्राप्त, तरंगी, लहरीला, लहरीली, लहरदार, पेचदार।

sinuated a. = SINUATE[2].

sinuation n. तरंगायता, तरंगिता, लहरियापन।

sinuose a. = SINUOUS.

sinuosity n. वक्रिमा, वक्रता, कुटिलता, कौटिल्य, तरंगीयता, तरंगिता, लहरपन; मोड़।

sinuous a. वक्र, वक्रमय, तरंगित, तरंगायित, तरंगाकार, जिह्म, सर्पिल, असरल, कुटिल, लहरीला, लहरदार, चक्करदार, पेंचदार, टेढ़ा-मेढ़ा।

sinus n. (pl. *-uses, -us*) (श० र० शा०, जन्तुवि०) नाली, छिद्र, गर्त, गह्वर, कोटर, थैलीके आकारका खोल; (वन०) पत्तेके दोनों भागोंके बीचमें बननेवाली नाली-सी; (निदान०) नालीव्रण, नासूर, नलीकी शङ्कका फोड़ा।

sinusitis n. छिद्रदाह, गर्तदाह, गह्वरप्रदाह, गह्वरका शोथ।

Sioux १. n. उत्तरी अमरीकी इण्डियन कबीलेका सदस्य, सूज़; २. a. सूज़से सम्बन्धित।

sip १. n. आचमन; घूँट, चुसकी; २. v.t. & i. आचमन करना; घूँट-घूँटसे या थोड़ा-थोड़ा करके पीना, चूसना, चुसकी लेना, सुड़पना, सुड़कना।

sipahee n. सैनिक, सिपाही।

sipe[1] n. स्रुति, स्राव, निस्यन्द, निस्यन्दन, चुआव, रिसना।

sipe[2] v.i. स्राव करना, निस्यन्दित होना, चूना, टपकना, रिसना।

siphon १. n. उपक्षेपणी, वक्रनाली, V के आकारकी एक ऊँचे और एक नीचे पेंदेवाली नली (जिसके द्वारा पीपा आदिसे तरल पदार्थ निचली सतहपर प्रवाहित किया जा सकता है), निनाल, साइफनः (*~-bottle* के अर्थमें भी) सोडावाटरकी बोतल; (जन्तुवि० *siphuncle* के अर्थमें भी) घोंघों इत्यादिकी निनालिका, कुछ कीटाणुओंकी नाली (जिससे वे अपना खाद्य चूसते हैं); २. v.t. & i. निनालसे प्रवाहित होना या प्रवाहित करना, साइफनमेंसे बहना या निकलना (*water is ~ing from the vase on the tablecloth*);

~-cup, ~-gauge, ~ spillway, ~ trap, ~ tube, ~-wick-lubricator.

siphonage n. टेढ़ी नली (साइफन) मेंसे प्रवहण, बहाव, बहना।

siphonal, siphonic aa. टेढ़ी नलीका या उसके समान, साइफनका।

siphonate a. निनालाकृति, निनालाकार, निनाल-सदृश, साइफन-जैसा।

siphuncle n. (प्राणिवि०) = SIPHON.

siphunculated a. सनिनाल, निनालिकामय, निनालिकायुक्त, साइफनवाला।

sipper n. आचमक, आचमनकर्ता, घूँट-घूँट पीनेवाला, चुसकी लेनेवाला।

sippet n. टोस्ट या तली हुई रोटीका टुकड़ा; किसी तरल पदार्थमें भीगा हुआ रोटीका छोटा टुकड़ा।

sir १. n. श्रीमन्, महोदय, महाशय, भगवन्, आर्य, प्रभु, महाराज, जी, (मालिक या अपनेसे बड़े या भवनके अध्यक्षके लिए सम्बोधन-रूपमें प्रयुक्त), साहब, सरकार, जनाब, हुज़ूर, हज़रत, सर; नाइटों और बैरनों-की प्रतिष्ठासूचक उपाधि, बहादुर, सर (*S~ John Moore*); २. v.t. 'महाशय', 'सर' इत्यादि कहकर सम्बोधन करना, श्रीमान् कहना (*don't ~ me*)।

sircar n. सरकार।

sirdar n. (मिस्रमें) सेनाध्यक्ष, प्रधान सेनापति, फौजका सिपहसालार, (भारत आदिमें) नेता, पथप्रदर्शक, अग्रणी, अगुआ, सरदार।

sire १. n. (सम्बोधन) श्रीमन्, महाराज, देव, श्रीमद्देव, सरकार, हुज़ूर, जहाँपनाह; (का०) जनक, तात, पिता या पूर्वपुरुष, पूर्वज, पुरखा, दादा; नर, साँड़, भैंसा, पड़वा आदि (जो नस्ल बनानेके लिए पाला जाय); २. v.t. (साँड़ोंका) उत्पन्न करना।

siren n. मृत्सर्पिका; समुद्री अप्सराएँ या आधी स्त्री और आधी पक्षीरूप (जो अपने संगीतसे भटकनेवाले समुद्री यात्रियोंको आकर्षित कर लेती हैं), सायरिन; लोभयित्री, मायिनी, मायाविनी स्त्री, मोहिनी, कुट्टिनी, ठगिनी, खतरनाक रूपसे लुभानेवाली औरत; (गुण०) बहुत ही अधिक मोहक, आकर्षक, लुभावनी (जैसे, *~ appearance*); सुमधुर गायिका; प्रशृंग, भोंपू, खतरे या चेतावनीकी सूचना देनेवाला यन्त्र; श्रवण-सम्बन्धी प्रयोगों या ध्वनि-वर्धनमें काम आनेवाला यन्त्र।

sirenian n. & a. दुधारू मछलीकी (जाति)।

sirenic a. मायिनी, मायाविनी, मोहिनी, आकर्षक।

sirloin n. बैलके पुट्ठेके मांसका सर्वोत्तम भाग, पुट्ठा।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

sirocco, sci- n. (pl. *-s*) उष्णानिल, सहाराकी उष्ण वायुका इटैलियन नाम, लू, (इटलीमें) जाड़ेमें चलनेवाली गर्म ऊमसदार हवा।

sirrah, sir(r)ee ⊙ nn. जी, अजी, अरे, रे, अबे!

sirup n. = SYRUP.

sisal-grass, -hemp nn. सौर शण, अमरीकी घीकुवाँरका सन, सुतली।

siskin n. चटिका, क्षुद्र गायक पक्षिविशेष, एक हरा छोटा गायक पक्षी।

sissoo n. शीशम।

sissy ⊙ n. दूधमें भिगोया रोटीका टुकड़ा, मिल्कसॉप।

sist[1] n. स्थगन, बन्द करना।

sist[2] v.t. आह्वान करना, बुलाना; स्थगित करना, बन्द करना।

sister* n. भगिनी, सहोदरा, स्वसा, बहिन*, दीदी, जीजी, बीबी, धर्मभगिनी, धर्मबहिन; सौतेली बहिन; (किसी सम्प्रदाय या वर्ग या मानव-समूहसे सम्बन्धित) मित्र सदस्या, भगिनी, बहिन, सहेली, सखी; भगिनीवत् गुण या वस्तु (जिसकी बहिनसे तुलना की जावे, जैसे *prose, younger ~ of verse*); भिक्षुणीवर्ग या भगिनी समाजकी सदस्या, धार्मिक महिला-मण्डलकी सदस्या; उपचारिका, महोपचारिका, नर्स, सिस्टर, अस्पतालकी बड़ी नर्स; half-~ सौतेली बहिन; S~ Anne वह व्यक्ति जो किसी दूसरेके स्थानपर आनेवालेकी प्रतीक्षा कर रहा हो; ~ german सगी बहिन; ~-in-law साली, जीजी, बीबी, ननद, नन्द, भाभी, भौजाई, देवरानी, जिठानी; ~ of mercy नर्सोंके भगिनी-मण्डलकी सदस्या; ~ ships एक आकार-प्रकारके जहाज।

sisterhood n. भगिनीत्व, भगिनी-सम्बन्ध, बहनापा, बहिनकी स्थिति; भगिनी-गण, भगिनी-मण्डल, भगिनी-समाज, बहिनसमाज।

sisterless a. भगिनीहीन, बिना बहिनके, बेबहिनका।

sisterliness n. भगिनीभाव, बहनापा।

sisterly a. भगिनीवत्, भगिनीयोग्य, स्वस्रीय, बहिन-जैसा; स्नेहशील, स्नेहपूर्ण।

sisyphean a. निरन्तर अध्यवसायशील, अविराम परिश्रमी, बहुत मेहनती, सिसीफसकी भाँति।

sit v.t. & i. उपवेशन करना, आसन ग्रहण करना, बैठना, तशरीफ रखना; किसी व्यवसायमें लगना (जिसमें कि बैठा रहना पड़े); घोड़ेपर आसन जमाये रखना, जमकर बैठना, अच्छी तरह बैठना (*he could not ~ his mule*); (पक्षियों या कुछ पशुओंका) पैर मोड़कर बैठना, बसेरा लेना; (मुख्यतः निर्जीव वस्तुओंका) स्थित होना, स्थिर होना, टिकना, रुकना, रहना, बैठना, पड़ना, लगना, थमना (बहुत कुछ स्थायी रूपसे); बैठाना, टिकाना, लगाना; ~ up ⊙ आँख खोलनेवाला; ~ *at home* निष्क्रिय होना, बेकार होना, बेकार पड़े रहना, आलसी होना; ~ *down* बैठ जाना, धरना मारकर बैठना; ठहर जाना ⊙; ~ *down under* (अपमान आदिको) भयपूर्वक सह लेना, चुपचाप पी जाना; ~ *for borough* etc. पार्लियामेण्टमें किसी क्षेत्रका प्रतिनिधित्व करना; ~ *for fellowship* etc. किसी छात्रवृत्तिके लिए परीक्षामें बैठना; ~ *for* one's *portrait* चित्र खिंचवानेके लिए बैठना; ~ *in judgement* आलोचक होना, छिद्रान्वेषण करना, नुक्ताचीनी करना; दूसरोंपर निर्णय देनेका अधिकार लेना; ~ *on* or *upon* (पंच इत्यादिका) सत्र चलाना, इजलास बैठना; ~ *on his head* (आ०) भर्त्सना करना, बुरा-भला कहना, दबाना, दबाव डालना, डाँटना, सिरपर चढ़ना (*he wants ~ting upon*); गिरे हुए घोड़ेको शान्त रखनेके लिए सिरपर बैठना; ~ *out* दूसरे मेहमानोंके जानेके बादतक ठहरना या किसी खेलकी समाप्तितक रुकना या बैठे रहना; बाहर बैठना, खुली हवामें बैठना; किसी बातमें सम्मिलित न होना, भाग न लेना, शामिल न होना; ~ *tight* (बोल०) स्थिर रहना, चंचल या अस्थिर न होना, पक्का रहना, किसी तरफ न खिंचना, जमकर बैठना, जमे रहना, ढीठ बने रहना; ~ *under* किसी धार्मिक सभामें सम्मिलित होना; ~ *up* सीधे बैठना, तनकर बैठना, बिस्तर छोड़ना, उठ बैठना, लेटनेसे उठ बैठना (*make* one ~ *up* उठाना); (बोल०) पीड़ित या विस्मित करना, कठिन काम कराना, चक्करमें डालना; ~ *up and take notice* (बोल०) अपने स्वार्थपर एकाएक दृष्टि जाना, चौंक उठना, स्वार्थकी याद आ जाना; ~*s well* घोड़ेपर खूब बैठता है, अच्छी सवारी करता है।

sitar n. सितार।

site १. n. स्थिति, अवस्थिति, संस्थिति, स्थान, अवस्थान, स्थल, सन्निवेश, आस्पद, भूमि, ठिकाना, मौका, जगह, जमीन (भवन इत्यादिके लिए); २. v.t. स्थित करना, बसाना, बैठाना, रखना, जमाना;

~ class, ~ conversation, ~-crowded, ~ factor, ~ maintenance, ~-plan, ~ quality, ~ value.

sith conj. तो, तब, तिसपर, उसे देखकर।

siting n. स्थान चुनना; तोपें लगाना।

sitiology n. = SITOLOGY.

sitology n. पथ्यविज्ञान, पथ्यशास्त्र।

sitomania n. मन्दाग्नि, अरुचि, भोजनसे अरुचि।

sitophobia n. = SITOMANIA; भोजन-भीति।

sitter n. बैठनेवाला इत्यादि क्रियागत अर्थोंमें; सरल लक्ष्यवेध, आसान निशाना, सहज कार्य, सहल या आसान काम।

sitting n. उपवेशन, बैठक, बैठन, बैठना आदि क्रियागत अर्थोंमें; उपवेशन, आसन, अधिवेशन, सत्र, सभा, बैठक, लगातार बैठनेका समय, इजलास (*wrote the whole poem at a ~*); गिरजाघरमें किसी व्यक्तिके बैठनेका आसन, बैठकी, सीट; एक झोलके अण्डे; ~-room बैठक, बैठक खाना; ~ tenant वर्तमान असामी या किरायेदार, मौजूदा काश्तकार।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

situate a. दे० SITUATED.

situated a. स्थित, अवस्थित, स्थापित, निविष्ट (*~ on the top of the hill*); *awkwardly ~* दुविधामें, कठिनाईमें, उलझनमें, मुसीबतमें।

situation n गति, वस्तुस्थिति, अवस्था, परिस्थिति, भाव, दशा, हाल, हालत, सूरत (*came out of a difficult ~ with credit*); परिवेश, सन्निवेश, अवस्थान, अवस्थिति, स्थिति, स्थान, ठौर, जगह, मौका, मुकाम (*house stands in a fine ~*); नाटकका संकटापन्न विशिष्ट स्थल या बहुत ही नाजुक मुकाम (*curtain falls on a strong ~*); नियोग, वृत्ति, सेवा, पद, कार्य, धन्धा, काम, नौकरी, जगह, चाकरी (*cannot find a ~*)।

situs n. स्थिति, अवस्थिति, संस्थिति, स्थान, अवस्थान, स्थल, सन्निवेश, आस्पद, भूमि, ठिकाना, मौका, प्लाट।

six १. n. छः का अंक या संख्या (*twice ~ is twelve*); ताश या पाँसेका छक्का (*the ~ of spades*); (pl.) एक पौण्डकी छःवाली मोमबत्तियाँ; २. a. षष्, षट्, छः (*~ of the men*); ~monthly षाण्मासिक, अर्धवार्षिक, छःमाही; *at ~es and sevens* तीन तेरह होना, अव्यवस्थित, व्यग्र, असन्तुलित, दुविधामें, उलझनमें; *it is ~ of one and half-a-dozen of the other* अन्तर नाममात्रका है, फर्क तो कहने भरका है; *~ to one* बड़ी विषमता; लम्बा अन्तर, अधिक अनुपात।

sixer n. छौवा, छक्का (क्रिकेटमें जब एक बारकी चोटसे छः रन बनते हैं)।

sixfold a. & adv. छःगुना।

sixte n. लकड़ी या गतकेका एक हाथ या दाँव।

sixteen १. n. सोलहका अंक या संख्या (*twice ~ is thirty-two*); २. a. षोडश, सोलह।

sixteenth a. षोडश, सोलहवाँ।

sixth १. n. छठी कक्षा; छठा भाग, छठा हिस्सा; (संगीत) छः सुरोंका संयोग, छः वर्णोंके सरगमका विराम; २. a. षष्ठ, छठा; *~ part* किसी विभाजित वस्तुका छठा भाग; the *~* छठा दिनांक, माहकी छठी तारीख; छठी कक्षा।

sixtieth n. & a. षष्टितम, साठवाँ।

sixty १. n. साठका अंक या संख्या; २. a. षष्टि, साठ (*~-one*); the *~ies* किसीकी आयु या किसी शताब्दीमें ५९ से ६९ के बीचके वर्ष।

sizable a. दीर्घाकारी, बृहदाकारी, उपयुक्त आकारका, बड़े आकारका, लम्बा-चौड़ा, बड़े साइजका, बड़ा, अधिक, काफी ⊙।

sizar n. सहायताप्राप्त विद्यार्थी, घटा हुआ शुल्क देनेवाला कैम्ब्रिज या ट्रिनीटी कॉलेज डबलिनका छात्र।

sizarship n. छात्रवृत्ति, निःशुल्कता, रियायती फीस।

size[1]* १. n. सज्जा, आकार, विस्तार, आयतन, परिमाण, आकारमान, आकृतिमान, प्रकार, लम्बाई-चौड़ाई, डील-डौल, नाप*, कद*, साइज (*~ matters less than quality*); (टोपी, जूते, कपड़ों आदिका) आकार-क्रम, नाप या नम्बर (*is made in several ~s*); मात्रा, परिमाण ⊙; पेट; (इति०, खाने-पीनेकी वस्तुको तौलनेका) बाट, माप, नापनेका पैमाना, बटखरा; (कैम्ब्रिज विश्वविद्यालयमें) भण्डारसे प्राप्त खाने-पीनेकी सामग्री, नित्यका सीधा, खूराक, राशन; मुक्तामापक यन्त्र, मोती नापनेका औजार; २. v.t. भिन्न आकारोंमें समूहीकृत करना, आकार-क्रमसे बाँटना या छाँटना; सजाना; २. v. i. (अमरीकामें कैम्ब्रिज विश्वविद्यालयके सम्बन्धमें) खाद्यसामग्री माँगना, खूराक माँगना; *~-stick* मोचीका (पाँवकी लम्बाई लेनेका) पैमाना, कालबुत, कालिब; *are both of a ~* समान आकारका, एक ही साइजका; *~ up* आकारका अनुमान करना, साइजका अन्दाजा लगाना; (बोल०) किसी व्यक्तिके सम्बन्धमें निर्णय देना, मत स्थिर करना, मापना, थाह लेना, राय कायम करना; *~ class, ~ distribution, ~ group, ~ scale.*

size[2] १. n. एक प्रकारका चिपचिपा पदार्थ, लासा, सरेस; २. v.t. लासा लगाना या लपेटना, कागज आदिको सरेससे कड़ा करना।

sizeable a. = SIZABLE.

sized a. आकारी, आकारका, मापका।

sizer n. आकारमापक, आकारके अनुसार वर्गीकरण करनेवाला या छाँटनेवाला।

siziness n. संलागिता, चिपचिपापन, लसलसाहट, सरेस-जैसी अवस्था।

sizing n. सज्जीकरण, साइजमें रखना या होना; (कैम्ब्रिज विश्वविद्यालयमें) भण्डारसे प्राप्त खाद्य-सामग्री, सीधा, खूराक, राशन।

sizy a. लसलसा, चिपचिपा, चिपकनेवाला, सरेस-जैसा, लेसदार।

sizzle १. n. सिसकार, हिस, तलनेका छन्-छन् शब्द; २. v. i. किसी वस्तुको तलने या अकोरनेके समय छन्-छन् करना, हिस-का शब्द करना।

sizzling n. छन्-छन्, सन सन्।

sjambok १. n. गैंड़ेकी खालका कोड़ा या चाबुक; २. v.t. गैंडेकी चाबुकसे मारना, कोड़े बरसाना।

skain n. = SKEAN.

skald n. (प्रा० स्कैण्डिनेवियाका) चारण, स्तुतिपाठक, स्तोता, स्तवन-पाठक, भाट।

skaldic a. चारण-विषयक, स्तुतिपाठक-सम्बन्धी, स्तवन-पाठक-सम्बन्धी, भाटका; स्तुतिपूर्ण, स्तवनयुक्त; चारण-रचित, स्तुतिपाठक-विरचित, भाटका लिखा हुआ।

skat n. (जर्मनीमें ताशका एक खेल), तिपत्ति।

skate[1] n. तनुका, एक प्रकारकी मछली, स्केट।

skate[2] १. n. धावुका, बर्फ या कठोर चिकने धरातल-पर फिसलनेकी लोहेकी खड़ाऊँ, स्केट; २. v.t. & i. बर्फपर चलना या फिसलना, स्केटिंग करना; *~ing-rink* धावुक स्थल, स्केटिंगके लिए कृत्रिम रूपसे तैयार बर्फखण्ड या फर्श; *~ on thin ice*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS१३४८

जोखिममें पडना, खतरेमें पड़ना; ~ *over thin ice* टेढ़ी समस्यापर चर्चा करना, नाजुक मामलेमें पड़ना, बुरी तरह फँसना।

skate⊙[3] a. कृपण, कंजूस, लोभी।

skater n. बर्फपर फिसलनेवाला, स्केटपर चलनेवाला, स्केटिंग करनेवाला।

skean n. खंजर, छुरा।

skedaddle १. n. हड़बड़ी, भगदड़; २. v.i. (बोल०) तितर-बितर हो जाना, सिरपर पाँव रखकर भागना, भगदड़ मचना।

skee n. = SKI.

skeel n. काष्ठ-पात्र, काष्ठ-भाजन, लकड़ीकी बाल्टी।

skeeter n. मशक, मच्छर।

skein n. वन्य राजहंसदल, जंगली हंसोंका उड़ता हुआ समूह या झुण्ड; सूत या रेशमकी पंजिका, पंजी, पेचक, लच्छा, लच्छी, अण्टी; (ला०) दुविधा, गुत्थी, झंझट, उलझन, गोलमाल, पेच।

skeletal a. कंकाल-, कंकालीय, अस्थिपंजरका, ढाँचेका (~ *muscles, soils*)।

skeletization n. अतिकृशता, अतिशय क्षीणता, अतिशय दुर्बलता, अत्यधिक दुबलापन।

skeletogenous a. कंकाल-जन, अस्थिपंजर कर देनेवाला, ढाँचा बना देनेवाला।

skeletography n. कांकालिकी, कंकालविज्ञान।

skeletology n. कंकालविज्ञान, कंकालशास्त्र, अस्थि-पंजरशास्त्र।

skeleton n. कंकाल, अस्थिपंजर, ढाँचा (मनुष्य, पशु या वनस्पतिका); किसी वस्तुका आवश्यक अंग, गठन या गढ़न; मृत कंकाल, मृत अस्थिपंजर, मरे हुएका ढाँचा, ठठरी; अवशिष्टांश, शेषांश, अवशेष, (उपयोगिता नष्ट हो जानेपर) बचा हुआ भाग; वस्तुमात्र, तथ्यांश, सार, सारांश, संक्षेप, रूपरेखा, खाका; (अतिशयोक्तिसे) दुर्बल व्यक्ति, निर्बल मनुष्य, क्षीण पुरुष, दुबला-पतला आदमी; family ~ परिवारका रहस्य, गुप्त भेद; ~ crew, regiment, *etc.* छोटा-सा विशिष्ट नाविकदल या (रेजीमेण्ट) सैन्यदल आदि; ~ key प्रत्येक तालेकी कुंजी, खोखली कुंजी; ~ *at the feast* आनन्दमें विषाद, हर्षमें शोक, दालभातमें मूसलचन्द, रंगमें भंग; ~ *in the cupboard* परिवारका गुप्त भेद;

~ budget, ~ form, ~ programme, ~ scheme, ~ trace map, ~ tracing.

skeletonize v.t. मांसको अलग करके कंकाल या अस्थिपंजरमात्र रहने देना, ढाँचा-ही-ढाँचा रहने देना, हड्डी-हड्डी कर देना; विस्तार हटाकर संक्षिप्त करना, रूपरेखामात्र रहने देना, खाका रहने देना।

skelp १. n. थप्पड़, झापड़, तमाँचा, चपत; २. v.t. थप्पड़ या तमाचा मारना।

skelter[1] n. द्रुतधावन, शीघ्रता, उतावली, हड़बड़ी।

skelter[2] v. i. जल्दी-जल्दी दौड़ना, जल्दीमें भागना या दौड़ना, उतावली मचाना, हड़बड़ीमें पड़ना।

skep n. मुलायम टहनियों या घासका छत्ता; मुलायम बेंत या लकड़ीकी बनी हुई एक प्रकारकी टोकरी, छींका, पिंजरा।

skepsis n. = SCEPSIS.

skeptic n. = SCEPTIC.

skerry n. शैल द्वीप, चट्टानी द्वीप।

sketch १. n. आरूप, प्रारूप, रेखाकृति, स्थूलचित्र, रेखा, ढाँचा, कच्चा नकशा, खाका; सामान्य रूपरेखा, वर्णन, सामान्य संक्षिप्त विवरण, खुलासा, मसविदा; संक्षिप्त संगीतात्मक नाटक या साहित्यिक रेखाचित्र, स्केच; एक ही गतकी संगीत-कृति, एक गतका गान; २. v.t. & i. आरूप खींचना, स्थूल चित्र बनाना, खाका बनाना; प्राकृतिक दृश्योंके रेखाचित्र खींचना, रेखाचित्रके रूपमें वर्णन करना, वर्णित करना, स्थूल रूपमें अंकित करना या आँकना, संक्षेपमें या मोटे तौरपर मुख्य-मुख्य बातें बताना, कच्चा कर लेना; ~-block, ~-book आरूपण-पुस्तक, रेखाचित्र खींचनेकी पुस्तिका।

sketchable a. आरूप्य, प्रारूप्य, रेखाचित्रणीय, स्थूलचित्रणीय, खाका बनाने लायक, वर्णनीय, अंजनीय, कच्चा ढाँचा झरके रखने लायक।

sketcher n. आरूपक, रेखाचित्रकार, खाका बनाने-वाला।

sketchiness n. बाह्यांकन, बाह्य रूपरेखामात्र, संक्षिप्तता, रूपरेखामात्र।

sketching n. आरूपण, रेखांकन (~ *board*)।

sketchy a. रूपरेखात्मक, रूपरेखा-सदृश, संक्षिप्त, मोटा-मोटा, अधूरा, खाके-जैसा।

skew १. n. मकानके कोनेकी मुँड़ेर, दोपलिया छतके किनारेकी दीवारके तिकोने भागकी मुँड़ेर; मोर्चेकी दीवारका सिरा (~-*back*); थूनी या पुश्तेका ढाल सिरा; २. a. विषम, विषमतली, वक्र, टेढ़ा, तिरछा, तोड़ा-मरोड़ा, बेंड़ा, आड़ा, टेढ़ा-मेढ़ा (~ *correlation*); (गणित) विषमतल; ~ bridge तिरःसेतु, तिरछा पुल; कैंचीका पुल; ~-eyed ऐंचाताना, भेंड़ा, भेंगा, टेढ़ी निगाहवाला; ~-whiff (बोल०) = ASKEW.

skewer १. n. मांसशलाका, कबाबका सीखचा या सीख; कीलक, शलाका; (हास्य०) असि, तलवार, छुरा, संगीन; २. v.t. सीखचेसे छेदना या उसकी भाँति पिरोना, सीखमें इकट्ठा बाँधना या लपेटना।

skewness n. वैषम्य, वक्रता, टेढ़ापन, तिरछापन, तिरछाव।

ski १. n. (pl. ~, -*s*) धावफलक, (स्कैण्डिनेवियामें) बर्फपर दौड़नेका लकड़ीका तख्ता या पतली पटिया, स्की; २. v. i. उपर्युक्त पटियाको बाँधकर बर्फपर फिसलना।

skiagraph n. छायाचित्र, क्ष-रश्मि-चित्र, एक्स-रे-फोटो।

skiagraphical a. छायाचित्रीय, क्ष-रश्मिच्छाया-चित्रण विषयक, एक्स-रे-फोटोग्राफी सम्बन्धी।

skiagraphy n. छायाचित्रण, क्ष-रश्मिच्छाया-चित्रण, एक्स-रे-फोटोग्राफी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS.

skiascopy n. छायेक्षण, क्ष-रश्मि-चिकित्सा, एक्स-रे-चिकित्सा।

skid १. n. अवरोध, पहियेको घूमनेसे रोकनेके लिए लकड़ी या लोहेकी रोक, आड़ या ब्रेक, कुत्ता, बिल्ली, पहियेको रोकनेके अन्य उपकरण; पहियेकी कीचड़में फिसलन या रिपटन; चौखटा या लकड़ी जो सहारा देने या बीचमें अड़ाने या टेकनेके काम आवे; २. v.t. & i. सर्पण करना, हिलना, खिसकना, खिसकाना, फिसलाना, पहिया या सवारी गाड़ी आदिका फिसलना, रिपट जाना; लकड़ी-की टेक लगाना या उससे चलना या रक्षा करना या रोकना, रोक लगाना; ~-way सर्पिका, ढलवीं नाली।

skied a. उच्चालम्बित, ऊँचाईपर टाँगा हुआ; उच्चक्षिप्त, उच्चप्रक्षिप्त, ऊँचाईपर फेंका हुआ।

skier n. धावफलकपर चलनेवाला, स्कीपर दौड़नेवाला।

skiff n. क्षुद्र नौका, लघु नौका, तरी, हल्की नाव, छोटी किश्ती, डोंगी, परेवा, पंसुआ, डिंगी, होडी, शिकारा।

skijoring n. स्किजोरिंग, (एक बर्फानी खेल)।

skilful a. प्रवीण, पटु, निपुण, दक्ष, चतुर, कुशल, अभ्यस्त, विचक्षण, विदग्ध, कलाकुशल, विशारद, विज्ञ, युक्तिशील, सयाना, होशियार, चालाक, कारीगर, उस्ताद, हुनरी, हिकमती, हुनरमन्द।

skilfulness n. प्रवीणता, पटुता, निपुणता, दक्षता, चतुरता, कौशल, अभ्यस्तता, विचक्षणता, विदग्धता, वैदग्ध्य, कलाकुशलता, विशारदता, विज्ञता, युक्तिशीलता, सयानापन, होशियारी, चालाकी, कारीगरी, उस्तादी।

skill n. प्रावीण्य, प्रवीणता, पटुता, नैपुण्य, निपुणता, चातुर्य, चतुरता, चतुराई, दक्षता, कौशल, कुशलता, अभ्यास, विदग्धता, गुण, योग्यता, क्षमता, होशियारी, हुनर, हुनरमन्दी, कारीगरी, उस्तादी, महारत, शऊर, सलीका, तमीज; युक्ति, हस्तकौशल, कला, कर्त्तव्य, हाथकी सफाई, जुगुत, हिकमत।

skilled a. प्रवीण, दक्ष, सुदक्ष, कुशल, कौशलपूर्ण, कार्यक्षम, कार्यकुशल, शिक्षित, प्रशिक्षित, अभ्यस्त, चतुर, होशियार, भीखा-सिखाया, सीखा हुआ, माहिर; ~ labourer दक्ष श्रमिक, प्रशिक्षित श्रमिक, शिक्षण-सम्पन्न श्रमिक, सीखा हुआ कारीगर; ~ workman दक्ष श्रमिक, प्रशिक्षित कामगार, सीखा हुआ मजदूर।

skillet n. रसोईमें काम आनेवाली मुठियावाली या कड़ेदार डेगची या पतीली।

skill-less a. अदक्ष, कौशलरहित, युक्तिहीन, चातुर्य-हीन, निर्बुद्ध, अनाड़ी, बेहुनर, बेशऊर, बेसलीका।

skills v.i. (प्रा०) *it ~ not* यह सब व्यर्थ है या अनुपयोगी है, बेकार है; कोई अन्तर नहीं पड़ता, कुछ फर्क नहीं होता।

skilly n. जईका पतला दलिया।

skim[1] n. मण्ड, फेन, झागः मलाई।

skim[2] v.t. & i. १. ऊपर उतराती हुई चीजको उतारना, मलाई उतारना, मलाई फेन या मैल आदिको उतारना, पपड़ी उतारना; स्पर्श मात्र करते हुए निकलना, छूते हुए चले जाना, उड़े चले जाना; शीघ्रावलोकन करना, मुख्य-मुख्य बातें ले लेना, मोटी-मोटी बातें समझ लेना, सरसरी तौरपर पढ़ जाना, सरसरी नजरसे देखना, एक नजर डालना; २. a. ~ed milk दूधी, मखनिया दूध, स्प्रेटा, मलाई उतरा दूध; ~ming-dish (ग्रा०) प्रति-योगिता नौका, चौरस तलवाली दौड़की छोटी नाव, दौड़की किश्ती; हलकी तेज मोटर नाव; ~ *the cream off* (प्रायः ला०) सर्वोत्तम अंश ग्रहण करना, सार-सार निकाल लेना, सत निकाल लेना।

skimble-skamble a. असभ्य प्रलापी, अण्ड-बण्ड बोलनेवाला; बनैला, जंगली, असगत, अण्डबण्ड, बेमेल।

skimmer n. मलाई आदि उतारनेवाला (क्रियागत अर्थोंमें); मलाई उतारनेकी झरिया, करछी, छन्ना, पौनी; द्रुतगामी मोटर नाव, हलकी तेज मोटर बोट।

skimmings n. pl. छादी, मल, मैल, मलाई।

skimp v.t. & i. कृपण होना, मितव्ययी होना, कंजूस होना, कंजूसी करना; कृपणताके साथ (धन, भोजन, व्यय, सामग्री आदि) प्रदान करना, नपा-तुला सामान आदि देना, नाप-तौलकर देना, कसकर या हिसाबसे देना।

skimping a. = SKIMPY.

skimpy a. अपर्याप्त, तंग, थोड़ा, नपा-तुला।

skin[1]* n. (श० र० शा०) त्वक्, त्वचा, झिल्ली; चर्म, चाम, चमड़ा*, खाल, खलड़ी, चमड़ी; चमड़ेका थैला, मशक; (फल, पेड़, पौधे आदिका) वक्कल, छाल, छिलका; नाव या जहाजके भीतर या बाहरकी लकड़ी या लोहेकी चादर, आवरण; ~-deep चर्मगत, हलका, ऊपरी, छोटा-सा, ऊपर-ऊपरका (घाव); क्षुद्र, अगम्भीर, हलका, ऊपरका, बाह्य, बाहरी, झूठा, बनावटी, यों ही सा (मनो-भाव, प्रभाव, सौन्दर्य आदिके सम्बन्धमें); ~-friction पानीमें चलते हुए जहाजसे टकरानेवाली पानीकी चोट या रुकावट; ~-game (अमरीकामें) (ग्रा०) छल, कपट, धोखा, चार सौ बीस; ~-grafting चर्म आरोपण, (शल्य-चिकित्सामें शरीरके दूसरे अंगसे या दूसरे व्यक्तिसे) खाल लेकर लगाना; thick ~ धृष्टता, ढिठाई; thin ~ भावुकता; *change* one's ~ चरित्रमें अस्वाभाविक या असम्भव परिवर्तन करना, कलेवर बदलना, कायाकल्प करना, चोला बदलना; *escape with the ~ of* one's *teeth* बहुत बच जाना, बाल-बाल बचना; *save* one's ~ बच निकलना, जान बचाना; *would not be in his ~* उसकी स्थितिमें होना अच्छा नहीं समझता, वैसा नहीं बनना चाहता;

~ disease, ~ effect, ~ eruption, ~ marking pencil, ~ specialist, ~ sweating, ~ test, ~-tight, ~ trouble, ~-wool.

skin[2] v.t. & i. चर्ममोचन करना, चमड़ा उतारना, चमड़ा निकालना, चमड़ा कमाना, चमड़ा उधेड़ना, खाल खींचना, खाल या वक्कल छीलना; (घावका) अपने-आप भरना, घावपर नई खाल पुरना; क्षत या घाव आदिको खालसे ढकना, नई खाल ला देना, घाव पूरना; (बोल०) अपने या दूसरेके कसे हुए कपड़े खोलना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

जसीं आदि उतारना; (ग्रा०) कंगाल करना, नंगा करना, चम्पत होना, ले भागना, ठग ले जाना, लूट-मार करना, मूस लेना; ~flint कृपण, कंजूस, मक्खीचूस, खसीस; *keep your eyes ~ned* (ग्रा०) सावधान रहना, होशियार या चौकस रहना, चौकन्ने रहना।

skink n. मरुगोधा, एक गोह।

skinker n. मद्यवाला, मधुवाला, साकी, शराब देनेवाला या वाली।

skinless a. त्वचारहित, चर्महीन, बिना चमड़ीके, बेखाल; छिलके बिना, बेबक्कल।

skinned a. त्वचापूर्ण, चर्मयुक्त, चमड़ीवाला; छिलकेदार, बक्कलदार।

skinner n. चमड़ा खींचनेवाला या कमानेवाला इत्यादि (क्रियागत अर्थोंमें); (अब प्रायः किसी कम्पनीके लिए) चर्मव्यवसायी, चर्मव्यापारी, चर्मकार, चमार, खालके सौदागर (*M/S..... ~s*)।

skinniness n. क्षीणता, दुर्बलता, दुबलापन; मांसहीनता।

skinny a. क्षीण, कृश, दुर्बल, चर्मभूत, मांसहीन, दुबला-पतला; चमड़ेका।

skip[1] १. n. उछलनेकी गति, उछाल, छलाँग, कूद, फाँद, फँदान; २. v.t. & i. (बच्चोंका, बकरीके बच्चे या मेमने आदिका) कूदना, उछलना-कूदना, छलाँग मारना, छलाँगना, फुदकना, उचकना, कुदकना; एक पैरसे दूसरे पैरपर हलकेसे उछलना; (बच्चोंका) कूदनेकी रस्सी हाथमें लेकर कूदना, रस्सी फलाँगना; अस्थिर मन होना, चंचलचित्त होना; जल्दी ही एक व्यवसाय या बातसे दूसरीपर पहुँच जाना, एक काम छोड़कर दूसरेमें लग जाना; अन्तर्धान होना, अदृष्ट होना, आँखोंसे ओझल होना, भाग खड़ा होना, लम्बा होना, चलते बनना, खिसकना, गोल होना, सरक जाना, गायब होना, उड़नछू होना, रफूचक्कर होना; बीच-बीचमें छोड़ जाना, छोड़-छोड़कर चलना या पढ़ना; भूलना।

skip[2] n. डबलिनमें कॉलेजका कर्मचारी या स्काउट।

skip[3] n. BOWLS तथा CURLING खेलोंमें किसी एक पक्षका दलनायक, मुखिया या कप्तान।

skip[4] n. खानों (खदानों) में व्यवहृत झूला, टोकरा, खाँचा आदि (जिसके द्वारा मनुष्यों और पदार्थोंको खानोंमें उतारा या चढ़ाया जाता है)।

skipper[1] n. नचनिया, कूदने या उछलनेवाला आदि क्रियागत अर्थोंमें; अल्हड़ आदमी।

skipper[2] n. विमाननायक, हवाई जहाजका कप्तान; नाविक, समुद्री नायक, जहाजी कप्तान; वाणिज्यपोताधिकारी, लघुपोतस्वामी, छोटे व्यवसायी पोतका स्वामी, हवाई जहाजका कप्तान; (परि०) खेलोंमें पक्षप्रमुख, दलनायक, कप्तान; *~'s daughters* जलकन्याएँ, तुंग फेनिल उज्ज्वल तरंगें, ऊँची चमचमाती हुई लहरें।

skippet n. पेटिका, पेटी, सन्दूक, बक्स, बकस।

skipping १. n. प्लुति, उत्पतन, उछलन, उछाल; २. a. प्लुतगामी, उत्पतनशील, उछलनेवाला, उछाल भरनेवाला; ~ping-rope कूदनेकी डोरी।

skirl १. n. मशकबीन-जैसी पीं-पींकी आवाज; चीख, चिल्लाहट; २. v. i. मशकबीन-जैसी पीं-पींकी आवाज करना, चिल्लाना।

skirmish १. n. विशृंखल द्वन्द्व, अव्यवस्थित संघर्ष, खण्डयुद्ध, सामान्य युद्ध, खटपट, भिड़न्त, मुठभेड़, छुटपुट मुकाबला; डिम्बयुद्ध, वाग्युद्ध, संघर्ष, कहासुनी, झड़प, नोंकझोंक; २. v. i. अव्यवस्थित रूपसे लड़ना, बिना सोचे-समझे झगड़ना, छोटे-छोटे दलोंमें होकर लड़ना, छोटी टुकड़ियोंमें भिड़ना; खटापटी करना, नोंकझोंक करना।

skirmisher n. खण्डयोद्धा, छोटी लड़ाई करनेवाला, झड़पनेवाला, लड़ाकू, नोंकझोंक करनेवाला।

skirt* १. n. प्रान्त, सीमा, पर्यन्त, छोर, सबसे दूरका भाग, किनारा, गोट, हाशिया; अंचल*, (कोट या कमीज-का) नीचे लटकनेवाला भाग, पल्ला, दामन; लहँगा, घाँघरा, साया या पेटीकोटके ढंगका स्त्रियोंका अधोवस्त्र; (ग्रा०, बोल०) स्त्री, घाँघरा पलटन; २. v.t. & i. समुद्रतट या दीवाल आदिके किनारे-किनारे चलना; किनारेपर स्थित होना, पास ही होना; किनारे-किनारे घूमना, चक्कर खाकर जाना, घेरना; divided ~ घाघरे-जैसा ढीला पाजामा; ~-dance, -dancing घाघरानृत्य, घाघरानाच, सायानाच; ~ing-board साया-जैसी पट्टियाँ; ~ of beef *etc.* गाय या बैलके मांसकी झिल्ली, छेछड़ी; *on the ~s of* छोरपर, न बाहर न भीतर।

skirted a. लहँगेका या घाँघरेका, किनारेदार।

skirting n. स्त्रियोंके घाँघरेका कपड़ा।

skirtless a. बेघाँघरा, बिना लहँगेका, बेदामन।

skit[1] n. श्लेष, व्यंग्य, छींटा, ताना, छींटाकशी; व्यंग्यकृति, व्यंग्यात्मक छोटी रचना, निन्दाकाव्य, स्किट।

skit[2] n. (बोल०) जनसमूह, भीड़-भाड़, जमघट।

skite n. आकस्मिक आघात, अचानक धक्का, अचानक झटका।

skitter v.i. & t. द्रुतगमन करना या कराना, क्षिप्रगमन करना या कराना, तेजीसे निकल जाना या निकालना, तेजीसे सरकना या सरकाना।

skittish a. स्वेच्छाचारिणी, कामोद्दीपनी, विनोदमयी, उन्मत्त, उन्मुक्त, उच्छृंखल, चंचल, चपल, अस्थिर, सहृदय, सजीव, हँसमुख, चुलबुली, आवारा, जिन्दादिल, अलमस्त, सैलानी (स्त्री आदि); बिचकनेवाला, भड़कनेवाला, अड़नेवाला, अड़ियल (घोड़ा आदि)।

skittishness n. चंचलता, चपलता, अस्थिरता, चुलबुलापन; भड़कीलापन, अड़ियलपन।

skittle १. n. नौ मेखोंसे खेला जानेवाला एक खेल; २. v.t. (क्रिकेटमें) *~ out* बल्लेबाजोंमेंसे एकके बाद दूसरेको शीघ्रतासे बैठा देना या आउट कर देना; *~s* ! (ग्रा०) व्यर्थ, निरर्थक, अर्थहीन, बेकार, रद्दी, बेकाम, बेमतलब; beer and ~s मनोविनोद, खेल-तमाशा, हँसी-खुशी (*life is not all beer and ~s*);

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~-alley *or* ~-ground स्किटल-भूमि, मेख गाड़नेकी जगह ।

skive v.t. विच्छिन्न करना, विभक्त करना, अलगाना, अलग-अलग करना, तोड़ना, फाड़ना ।

skiver n. (जिल्दसाजीमें प्रयुक्त) मेषचर्म, भेड़का चमड़ा; अवर चर्म, खराब किस्मका चमड़ा; चर्मक्षुरिका, चर्मक्षुरा, चमड़ा काटनेकी छुरी ।

skivvy n. (बोल०) नौकरानी, महरी ।

skua n. लुण्टाक, एक समुद्री पक्षीकी जाति ।

skug[1] n. छाया, प्रतिच्छाया, परछाईं ।

skug[2] n. गिलहरी ।

skulk[1] n. गुप्त स्थानमें पलायन, छिपना, बचाव; दुबकना, लुकाव ।

skulk[2] v.i. दायित्वसे भागना, कर्त्तव्यसे बचना, दृष्टिसे हटते रहना, (कायरता या किसी बुराईके कारण) किसी गुप्त स्थानमें पलायन करना, प्रच्छन्न रहना, घातमें रहना, छिपकर ताकना, संकटके समय पलायन करना, दुबक रहना, दुबकना, छिपना, खतरेसे मुँह छिपाना, लम्बा होना, खिसक जाना, कामसे जी चुराना, नजरोंसे बचते रहना, पहलू बचाना ।

skulker n. पलायनकारी, छिपने या भागनेवाला, कामचोर, मुँहचोर, जाँगरचोर, दबकैल, भगेलुआ ।

skull n. करोटि, शिरोस्थिपंजर, शिरोस्थि, कर्पर, मुण्ड, कपाल, मूँड़, खोपड़ी; दिमाग; ~ and crossbones एक खोपड़ी और आड़ी-आड़ी रखी हुई दो जघास्थियाँ (यह प्रतीक मृत्युका चिह्न समझा जाता है); ~-cap मखमलकी तंग टोपी; लोहेके टोपके आकारके फूलवाला पौधा-विशेष ।

skulled a. करोटियुक्त, खोपड़ीवाला ।

skunk n. अमरीकाका एक मांसभक्षी पशु; स्कंक पशुका रोम या रोंआ; क्षुद्र मनुष्य, हेय जन, नीच व्यक्ति, घृणास्पद व्यक्ति, दुर्गन्धपूर्ण या बदबूदार आदमी ।

sky* १. n. अभ्र, व्योम, अम्बर, नभ, नभोमण्डल, अन्तरिक्ष, गगन, आकाश*, आसमान (*clear* ~); पानी, जलवायु, आवहवा; वातावरण, वायुमण्डल, ऋतु, मौसम, (*try what a warmer* ~); २. v.t. आकाशकी ओर फेंकना; (क्रिकेटमें) ऊँची हिट लगाना; किसी चित्रकारीका प्रदर्शन करना, (चित्रको) दीवालपर ऊँचा टाँगना; ~-born स्वर्गीय, दिव्य; ~-clad दिगम्बर, नग्न, नंगा; ~-high गगनस्पर्शी, गगनचुम्बी, बहुत ऊँचा, आसमानको छूनेवाला; ~lark १. n. चातक पक्षी, ब्याघ्राट, भारद्वाज, भरतपक्षी, लवा पक्षी; २. v.i. व्यावहारिक विनोद या मजाक करना, क्रीड़ा करना, उछलकूद करना, चाल चलना, किलोलें करना, तंग करना, खिजाना, हरकतें करना, शरारतें करना; ~light काशायन, आकाश-प्रकाश; गवाक्ष, हवाका छेद, ऊपर या नीचेकी छतका झरोखा, रोशनदान; ~line दिग्वलय, क्षितिज, आकाशकी पृष्ठभूमिमें पर्वत आदिकी रूपरेखा, गगनरेखा; ~ pilot (ग्रा०) स्वर्गचालक, गगनचालक; गुरु, पुरोहित, पादरी; ~-rocket आकाशबाण, हवाई बान (आतिशबाजीमें); ~ sail एक प्रकारका हलका पाल या बादबान; ~-scape गगनचित्र, आकाशचित्र, आकाशचित्रण; ~ scraper (हास्य०) अभ्रकष, गगनचुम्बी प्रासाद या अट्टालिका, गगनचुम्बी भवन, ऊँची चिमनी आदि, कई मंजिलोंकी ऊँची इमारत; ~-writing विमान-धूम्र-लेख, आकाशमें उड़ते हुए हवाई जहाजके धुएँसे बननेवाले विज्ञापन-लेख; *if the ~ falls we shall catch larks* कल्पित असम्भाव्य विपत्तियोंका उपचार सोचना व्यर्थ है; *laud to the ~ies* अत्यधिक प्रशंसा करना, आसमानपर चढ़ाना, बेहद तारीफ करना;

~-blasted, ~ blue, ~-capped, ~ colour, ~ gazer, ~-grey, ~-high, ~-kissing hills, ~ man, ~ sail, ~ shine, ~ sign, ~ ward, ~ way.

Skye n. (~ *terrier*) स्कॉटलैण्डी कुत्ता ।

skyer n. (क्रिकेटमें) बहुत ऊँची चोट या हिट ।

skyey a. आकाशवत्, आकाशी; आसमानी, नभोमण्डलीय ।

skyish a. अभ्रवत्, व्योमवत्, अम्बरवत्, नभवत्, नभोमण्डल-सदृश, अन्तरिक्ष-सदृश, गगन-सदृश, आकाश-जैसा, आसमान-जैसा ।

skyless a. आकाशहीन, बेआसमान; वायुमण्डल या जलवायुरहित ।

skyward(s) a. & adv. आकाशकी ओरका; आकाशकी ओर, आसमानकी तरफ ।

slab[1] १. n. प्रस्तरखण्ड, शिलाखण्ड, शिलाफलक, शिलापट्ट, शिला, सिल, सिल्ली, फरा, पट्टी; पटिया; लकड़ीके कुन्देका ऊपरी टुकड़ा; २. v.t. (किसी पेड़ या कुन्देसे) पटियाँ बनानेके लिए टुकड़े निकालना या काटना ।

slab[2] a. लसदार, चिपचिपा, गाढ़ा और चिपकनेवाला (तरल पदार्थ) ।

slabber[1] n. फलक-यन्त्र, चटिया बनानेकी मशीन ।

slabber[2] १. n. थूक; २. v.t. थूकना, राल बहाना ।

slabber[3] v.t. & i. शीघ्र भोजन करना, निगलना, जल्दीसे खाना, भकोसना ।

slabbiness n. स्थूलता, मुटापा; क्लिन्नता, सक्लेदता, क्लेदमयता, नमी, भींगापन; मलिनता, गन्दापन ।

slabby a. स्थूल, गाढ़ा, मोटा; क्लिन्न, सक्लेद, क्लेदमय, नम, भींगा; मलिन, गन्दा ।

slack १. n. शैथिल्य; रस्सीका ढीला भाग, ढीली लटकी हुई रस्सी (*haul in the* ~); कोयलेका चूरा; (pl.) पाजामा; (बोली०) अशिष्टता, धृष्टता, उद्दण्डता, ढाठपन, ढिठाई, उजड्डपन; (बोल०) निष्क्रियता या विश्रामका समय, खाली समय (*I'm going to have a good* ~ *this afternoon*); व्यापारकी मन्दीका समय, मन्दा, ठण्डा बाजार; २. v.t. & i. (रस्सीको) ढीला करना; विश्राम करना, आलसी या सुस्त होना; शिथिल या ढीला करना या होना, निष्क्रिय बनाना या

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

बनना; ३. a. श्लथ, शिथिल, गलित, शिथिलीकृत; निष्क्रिय, कार्यहीन, उदासीन, उपेक्षाशील, अलसाया, म्लान, क्लान्त, अलस, प्रमत्त, असावधान, मन्दा, सुस्त, धीमा, मन्द, आलसी, ढीला, ढीलाढाला, थका हुआ, ठलुआ, लापरवाह, काहिल, गाफिल; ४. adv. अपर्याप्त रूपमे, मन्द गतिसे, धीरे-धीरे, थोड़ा-सा, नाकाफी तौरपर (*~-dried hopes*); a ~ rope शिथिल रज्जु, ढीली रस्सी; ~ weather आलसकी ऋतु; ~ water भाटा, ज्वारका उतार; ~ *up* रोकनेके पहले रेलगाड़ीकी चाल कम करना या धीमी करना, रफ्तार घटाना।

slacken v.t. & i. शिथिल बनाना या बनना, असावधान करना या होना, मन्द या ढीला करना या होना, धीमा करना या होना, ढील डालना या ढील देना, ढिलाना, ढीले पड़ना, ढिलियाना, सुस्ती करना, अलसाना; बुझाना।

slackened a. शिथिलित, शान्तवेग।

slackening n. श्लथन, ढीला करना।

slacker n. ढिलाई करनेवाला, ढीला डालनेवाला, ढीलाढाला, कामचोर, काहिल।

slackness n. शैथिल्य, शिथिलता, मन्दता, ढीलापन, ढिलाई, ढील, सुस्ती, काहिली।

slacks n. ढीला पायजामा।

slade n. क्षुद्रोपत्यका, लघु उपत्यका, छोटी घाटी।

slag १. n. धातुमल, कच्ची धातुको स्वच्छ करनेमें निकला हुआ मैल; ज्वालामुखीका निकला हुआ पदार्थ, लावा, कीट, मैल; २. v. i. धातुका मैल बनना या ज्वालामुखीका लावा निकलना; धातुका मैलसदृश राशिमें इकट्ठा होना, जमना।

slaggy a. धातुमलयुक्त; ज्वालामुखीके कीटसे भरा हुआ।

slain SLAY का भू० कृ०।

slainte n. सुस्वास्थ्य, सुन्दर स्वास्थ्य, अच्छी तन्दुरुस्ती।

slake v.t. (प्यास, भाषण, बदलेका भाव) शमन करना, शान्त करना, तृप्त करना, ठण्डा करना, बुझाना; बदला लेना, बदला चुकाना; (रसा०) निर्वापन होना, बुझना; (*slack* के अर्थमें भी) चूना बुझाना, चूना और पानी मिलाना।

slakeless a. (का०) अशान्त, तृषित, अतृप्त, न बुझनेवाला।

slaking n. निर्वापन, बुझाना।

slalom n. हिमरोध-धावन, टेढ़े-मेढ़े मार्गसे बर्फानी दौड़।

slam n. टक्कर, धड़की आवाज, दरवाजा भेड़नेकी आवाज; ब्रिज, ह्विस्ट या ताशके खेलकी हर बाजी जीतना; २. v.t. & i. द्वार धड़से बन्द करना या होना, जोरकी आवाजके साथ दरवाजा भेड़ना या भिड़ाना, या भिड़ जाना; किसी वस्तुको धम्मसे नीचे रखना, धड़से पटकना; (ग्रा०) सुगमतासे विजय पाना, आसानीसे दूसरेको हराना; मारना, पीटना, ठोंकना।

slammer n. प्रबल वात, प्रबल वायु, तेज झकोरा, तेज झोंका; (ब्रिज इत्यादिमें) सब बाजी जीतनेवाला।

slammerkin n. मलिन स्त्री, अस्वच्छ स्त्री, गन्दी स्त्री, फूहड़ औरत, बदतमीज औरत।

slander १. n. कुत्सा, अख्याति, मिथ्यानिन्दा-कथन, पैशुन्य, बुराई, बदनामी; अपयश, कलंक, अपवाद, परिवाद, मिथ्यानिन्दा, अपमान-वचन, पिशुन वचन, झूठी रिपोर्ट; (कानून) अपकीर्ति, अपभाषण, मिथ्या मौखिक मानहानि, हतकइज्जत; २. v.t. अपमान-वचन बोलना, झूठी निन्दा करना या बुराई करना, मिथ्यारूपसे मानहानि करना, कलंक लगाना, बदनाम करना।

slanderer n. मिथ्यानिन्दक, पिशुन, अपमानकर्त्ता, अपमानकारी, अपवादी, मानहानि करनेवाला।

slanderous a. मिथ्यानिन्दात्मक; अपवादात्मक, परिवादात्मक, सापवाद, सपरिवाद, पिशुन; मानहानिपूर्ण।

slanderousness n. मिथ्यानिन्दात्मकता; अपवादात्मकता, परिवादात्मकता; मानहानिपूर्णता।

slang १. n. वर्गभाषा, जातिभाषा, किसी व्यवसायके लोगोंकी भाषा (*racing, thieves'*, ~); खलोक्ति, अपभाषा, ग्राम्यभाषा; बोलचालकी शब्दावली; २. v.t. अपशब्दका प्रयोग करना, गाली देना।

slanginess n. अपभाषापन, ग्राम्यभाषापन।

slangy a. अपभाषायुक्त, ग्राम्यभाषा-सम्बन्धी, गँवारू; अपभाषा या ग्राम्यभाषा बोलनेवाला।

slant १. n. वक्र स्थिति, टेढ़ी या तिरछी अवस्था, ढाल; (प्रा०) व्यंग्यप्रहार, कुटिलोक्ति, तिर्यक् प्रहार, अपमान-वचन, अप्रत्यक्षनिन्दा, पीठ-पीछे बुराई; दृष्टिकोण, वस्तु-विचार-पद्धति, विचारशैली, विचारकोण ⊙; घुमाव, मोड़ ⊙; कटाक्ष, तिरछी नजर; २. v.t. & i. ढलाव होना या ढाल बनाना, ढालू होना या करना, एक रेखासे अपसृत होना; खड़ी या पड़ी लकीरकी ओर तिरछे जाना, तिरछा होना, झुकना, आड़े जाना; ३. a. (मुख्यतः का०) कुटिल, वक्र, प्रवृत्त, प्रवण, ढलवाँ, ढालू, ढालदार, तिरछा, टेढ़ा, आड़ा, झुका हुआ, मुड़ा हुआ; *a ~ of wind* (नौवि०) अनुकूल वायु; *on the* or *a ~* तिर्यक् या वक्रभावसे, तिरछेपनसे; *~ on* ⊙ (के विषयमें) सोचनेको उत्सुक।

slantendicular, slantin(g)dicular aa. (हास्य०) तिर्यक्, वक्र, टेढ़ा, तिरछा।

slanting a. तिर्यक्, वक्र, तिरछा, टेढ़ा, झुका हुआ।

slantwise adv. वक्र, तिरछा, ढालू, ढलवाँ।

slap १. n. चपेट, चपत, चाँटा, धौल, थप्पड़, धप्पा, लप्पड़, थपेड़ा, तमाँचा; २. v.t. चपत मारना, चाँटा लगाना, धौल लगाना, थप्पड़ मारना, तमाचा मारना, चपत रसीद करना; ३. adv. द्रुत, अतिशीघ्र, बहुत तेज, उत्तम, बढ़िया, अच्छा (*a ~ping pace*); तीव्रतासे, वेगसे, एकाएक, तेजीसे, पूरी तरहसे, ठीकसे, झटसे, पटसे, चटसे, तड़ाकसे, तड़से, निशानेसे; ~-bang योंही, बिना समझे-बूझे, उग्रतासे, तेजीसे, जोरसे, तड़ाकसे; ~dash[1] n. दैवाधीन कार्य या क्रम; झट; a. दैवाधीन, अनियत रूपसे निर्मित, योंही; प्रचण्ड, वेगवान्; ~dash[2] उग्रतासे, योंही, तेजीसे, जोर-शोरसे, अन्धा-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

धुन्ध, झटपट; ~ up a. (ग्रा०) बिलकुल नया-नया, आजके जमानेका, बिलकुल नये फैशनका; ~ *in the face* (शा०, ला० भी) अपमान, धमकी, डाँट, घुड़की, बेइज्जती; थप्पड़।

slapjack ⊙ n. एक प्रकारका केक।

slapstick n. (मूकाभिनय करनेवाले विदूषक द्वारा प्रयुक्त) लचकदार और टूटदार लकड़ीकी पट्टी; (ला०) रूखे-सूखे ढंगका कोलाहलपूर्ण ओछा प्रहसन, हलके ढंगका मजाक।

slash १. n. काट, लकड़ीकी छीलन, (पेड़ोंके नष्टभ्रष्ट होने या गिरानेसे इकट्ठा हुआ) कूड़ा करकट; दीर्घच्छेद, लम्बी चीर, (तलवार आदिके झटकेसे बना हुआ) घाव या खोंप; २. v.t. & i. (सेना०) दीवार या आड़ बनानेके लिए पेड़ोंको गिराना; तलवार, चाकू आदिसे लम्बा गहरा चीरा देना, हाथ चलाना, झटकेसे काटना, चीरना, चाक करना, लम्बे पतले घाव बना देना, जोरका हाथ मारना, खोंप बना देना; (किसीको) कोड़ेसे मारना, कोड़ा फटकारना, चाबुकसे मारना।

slashed ⊙ a. किसी धारदार वस्तुसे कटा हुआ; ~ sleeve *etc.* कटी आस्तीन (जिसमेंसे अस्तर दिखाई दे)।

slashing १. n. सैनिक अवरोध-स्वरूप वृक्षोंका गिराना; गिराये गये वृक्ष; स्वच्छता, सफाई; किसी धारदार वस्तुका घाव; २. a. निर्दयतापूर्वक चीरनेवाला, काटनेवाला; मर्मभेदी, तीक्ष्ण; धक्का देनेवाला, टक्करानेवाला; अति विशाल, बहुत बड़ा; ~ *criticism* कटु या तीव्र आलोचना, स्पष्ट रूपसे निन्दा, खुली आलोचना।

slat[1] n. फन्नी, पच्चर, लकड़ीकी पतली सँकरी पट्टी।

slat[2] v.t. & i. मुक्का मारना, पीटना, किसी धरातलपर जोरसे मारना या टकराना; (पाल, रस्सियों आदिका) मस्तूल आदिसे फड़फड़की आवाज करते हुए टकराना।

slatch n. स्थानीय वातावधि, अस्थायी पवन-अवधि, अस्थायी हवा बहनेका समय; अच्छे मौसमका समय।

slate[1] १. n. शिलिका, शिलापट्ट, (बच्चों और छोटे दुकानदारोंके) लिखनेकी स्लेट; छतोंके छानेके कामके चौके; भूरी या हरी या नीली बैंगनी चट्टान; २. v.t. स्लेटके चौकोंसे छत छानाः ३. a. स्लेटका, स्लेटी; ~-club सहोपयोगी संघ (जिसमें थोड़ा-थोड़ा साप्ताहिक चन्दा देना पड़ता है); ~-colour(ed) गहरा नीला या स्लेटी मटमैला रंग (का); ~-pencil शिलांकनी, स्लेटकी पेंसिल; *clean the* ~ अनुग्रहसे मुक्त होना, कर्त्तव्य निभा देना, भारसे उऋण होना, हिसाब चुकता करना; ~ black, ~ blue, ~ green, ~ grey, ~ olive, ~ purple, ~ violet, ~-white.

slate[2] v.t. (बोल०) कड़ी आलोचना करना, धज्जियाँ उड़ाना, सख्तीसे नुक्ताचीनी करना; अपशब्द कहना, कड़वी आलोचना करना, डाँटना, फटकारना, गाली देना, बुरा-भला कहना, खबर लेना।

slater n. स्लेटसे छत छानेवाला या पाटनेवाला।

slating n. कड़ी आलोचना, डाँट-डपट।

slattern n. अपरिष्कृतवेशा, अपरिष्कृता नारी, मैली-कुचैली या फूहड़ स्त्री।

slatternliness n. अपरिष्कृतता, फूहड़पन।

slatternly a. फूहड़ स्त्रीका-सा, फूहड़, फूहड़पनवाला।

slaty a. शिलिकावत्, शिलापट्टवत्, शिलाफलक-सदृश, सिलेट जैसा; स्लेटवाला; परतदार।

slaughter १. n. घातन, संहार, वध, हत्या, हत्याकाण्ड, खून, तलवारसे काटना, कत्लेआम; २. v.t. लोगोंका बर्बरतापूर्वक वध करना, हनन करना, कत्ल करना, मार डालना, हत्या करना या मारना; मांसके लिए काटना, काट डालना, हलाल करना, जान लेना; ~-house घातभूमि, वध्यस्थान, वधशाला, हत्यागृह, सूना, कमेला, कसाईखाना, बूचड़खाना; ~man वधिक, जल्लाद, पशु-वधक, कसाई।

slaughterer n. घातक, सैनिक, वधिक, हिंसक, वधक, हत्यारा, कत्ल करनेवाला, कातिल।

slaughterous a. (भाषण०) जिघांसु, हत्यापराधी, हिंसाप्रिय, हिंसापूर्ण, हत्यापरायण, हत्यारा, हत्यारत, खूनी।

slaughtery n. वध, हनन; वधशाला, बूचड़खाना।

Slav n. स्लैव (जाति)।

slave १. n. पराधीन व्यक्ति, अधीन मनुष्य, असहाय जन; प्रभावाधीन, शिकार (*is a* ~ *to drink*); क्रीतदास, दास, किंकर, भृत्य, बन्धुआ, चाकर, गुलाम (~ *system*); दिनरात काम करनेवाला सेवक, चौबीस घण्टेका नौकर, टहलुआ; २. v. i. नीच काम करना, दासकी भाँति काम करना, टहल करना; ~-bangle अनन्त कंकण; ~-driver दास-अधीक्षक, गुलामोंको हाँकनेवाला, कसकर काम देखनेवाला, काम करते हुए गुलामोंका मेट; ~-holder दासस्वामी, गुलामोंका मालिक; ~-ship दास-व्यवसाय-पोत, बेचनेके लिए गुलामोंको भरनेवाला जहाज; ~ States उत्तरी अमरीकाकी दक्षिणी रियासतें या राज्य (जिनमें गृहयुद्धके पूर्व दासता प्रचलित थी); ~-trade दास-व्यवसाय, दास-विक्रय, गुलामोंका रोजगार;

~-born, ~ breeder, ~ court, ~-grown, ~-hunter, ~ labour, ~ market, ~ merchant, ~ owner, ~trader.

slaver[1] n. दासव्यवसायी, दासव्यापारी, दास-व्यवसाय करनेवाला व्यक्ति या जहाज।

slaver[2] १. n. लसिका, लुआब, थूक या लार; (ला०) तुच्छ अथवा दासवत् चाटुकारिता, खुशामद, ओछी गुलाम-जैसी चापलूसी या जाहुजूरा; २. v.t. & i. मुहसे थूक या लार गिराना या गिरना; कपड़ोंपर अपना थूक या लार गिराना, लआब टपकाना, चूमनेमें दूसरेके गालको थूक या लारसे भर देना।

slaverer n. अशिष्ट व्यक्ति, असभ्य व्यक्ति, मूर्ख व्यक्ति, गँवार आदमी, भोंदू आदमी, बुद्धू।

slavery[1] n. दासत्व, दासता, दास्य, दासावस्था, गुलामी; दासस्वामित्व, दासप्रथा, गुलामोंको रखना; दास्यभाव,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

दास्यवृत्ति, दिन-रातका काम, चौबीस घण्टेकी नौकरी, चाकरी, टहल, टहलुआपन ।

slavery[2] a. थूकसे सना हुआ, लारयुक्त, लारभरा; चाटुकार, चापलूस, खुशामदी ।

slavey n. (sl.; pl. -s) घरके सभी काम करनेवाली सेविका, दासी, नौकरानी, चाकरिन, बाँदी, लौंडी ।

slavish a. दासोचित, दासवत्, दासानुकूल, अधम, क्षुद्र, तुच्छ, हीन, नीच, ओछा, गुलामों-जैसा, पाजी, कमीना; परिश्रमी; ~ imitation अन्धानुकरण, दासोचित अनुकरण, अन्धी नकल ।

slavishness n. क्षुद्रता, नीचता, तुच्छता, दासत्व, दासवृत्ति, दास-स्वभाव, कमीनापन, गुलामी ।

Slavonian a. स्लैवोनिया (आस्ट्रिया) का ।

Slavonic n. & a. स्लावोंकी (भाषा), स्लावोनिक ।

Slavonicize v.t. स्लावीकरण करना, स्लावी बनाना, स्लावी रंग चढ़ना ।

Slavophil n. स्लावमित्र, स्लाव जातिका दोस्त ।

Slavophobe n. स्लाव-शत्रु, स्लाव जातिका दुश्मन ।

slaw ⊙ n. बन्दगोभी या करमकल्लेका सलाद ।

slay v.t. संहार करना, वध करना, हनन करना, हत्या करना, प्राण ले लेना, विनष्ट करना, मार डालना, यमलोक पहुँचा देना, गर्दन उड़ा देना, खून करना, मौतके घाट उतारना, कत्ल करना, हलाल करना (का०, भाषण० या हास्य०; प्रायः निरपेक्ष, *went forth ~ing and spoiling*) ।

slayer n. घातक, वधक, हत्यारा, कत्ल करनेवाला, कातिल ।

sleave[1] n. मृदु अंशुक, मसृण अंशुक, कोमल एवं चिकना रेशम ।

sleave[2] v.t. सूत्र पृथक् करना, तागे अलग करना, सुलझाना, अलगाना ।

sleaziness n. दुर्बलता, कृशता, क्षीणता; सूक्ष्मता, झीनापन, बारीकी ।

sleazy a. दुर्बल, कृश, क्षीण; सूक्ष्म, महीन, बारीक, पतला, झीना ।

sled n. = SLEDGE[1].

sledded a. हिमगास्थ, हिमशकटस्थ, विचक्रशकटस्थ, बर्फगाड़ीमें स्थित, स्लेजमें बैठा हुआ; हिमगा-वाहित, हिमशकट-वाहित, विचक्रशकट-वाहित, बर्फगाड़ी द्वारा ले जाया गया ।

sledding n. ⊙ JOB; बर्फगाड़ी चलाना ।

sledge[1], **sleigh** १. nn. हिमगा, हिमशकट, विचक्रशकट, बर्फगाड़ी, बिना पहियोंकी बर्फपर फिसलनेवाली घोड़ों या कुत्तों या रेण्डियरोंवाली गाड़ी, लढ़िया, स्लेज; २. vv. t. & i. स्लेजगाड़ीमें यात्रा करना या जाना, उसमें कोई वस्तु ले जाना ।

sledge[2] n. (~*-hammer* के अर्थमें भी) घन, मुग्दर, लुहारोंका बड़ा हथौड़ा ।

sleech a. कर्दम, भवपंक, कीच, कीचड़, चहला, चँहटा; पंकिल भूखण्ड ।

sleek १. v.t. मुलायम, चिकना और चमकीला करना, चिकना-चुपड़ा बनाना, चिकनाना, गुलगुला करना; २. a. श्लक्ष्ण, मसृण, चिक्कण, मृदु, स्निग्ध, कोमल, नरम, सुखस्पर्श, चिकना, मुलायम, गुलगुला (बाल, रोम, त्वचा या ऐसी त्वचा या बालोंवाले मनुष्य या पशुके सम्बन्धमें) ।

sleeker n. चिक्कण-यन्त्र, चिकना या गुलगुला करनेका यन्त्र, स्लीकर ।

sleekit a. (स्काट०) चिक्कण, चिकना; स्पष्टवादी, मुँहफट; चतुर, चालाक, मक्कार ।

sleekness n. मसृणता, स्निग्धता, मृदुता, कोमलता, नरमी, चिकनापन, चिकनाहट, चमकीलापन, चमक ।

sleeky a. मसृण, चिक्कण, चिकना, मुलायम ।

sleep[1]* n. सुप्ति, सुप्तावस्था, शयन, निद्रा, नींद*, सोना; निद्रावधि, निद्राकाल, झपकी (*shall try to get a ~*); (ला०) शान्ति, विश्रान्ति, विश्राम, मृत्यु, मौत, मौन, उपेक्षा, निस्तब्धता, सुस्ताना, आराम, खामोशी, लापरवाही, गफलत; ~-walker स्वप्नचर, स्वप्नचारी, स्वप्नभ्रमणकारी, निद्राचारी, नींद या सपनेकी अवस्थामें चलनेवाला; ~-walking स्वप्नभ्रमण, स्वप्नसंचरण, निद्राभ्रमण, सपनेमें चलना-फिरना (एक प्रकारका रोग); broken ~ भग्न निद्रा, बेचैनीकी या बराबर टूटने या उचटनेवाली नींद; *go to ~* नींद लेना, सो जाना; (ला०) मरना; *in* one's *~* सुप्तावस्थामें, सोते समय, नींदमें; *the ~ of the just* प्रगाढ़ निद्रा, गहरी, गाढ़ी या पक्की नींद ।

sleep[2] v.t. & i. निद्रामग्न होना; सोना, नींद लेना, झपकी लगना, आँख लगना; सोकर व्यतीत करना, सोकर दूर करना, सोनेमें गुजारना (*~ the hours away*); रातमें विश्राम करना, रातभरके लिए बसेरा करना, ठहरना; (*with* के साथ) भोग करना, सम्भोग करना, साथ सोना; सोनेका प्रबन्ध करना, सोनेको स्थान देना (*lodging-house ~s 300 men*); समाधिमें सोना, कब्रमें लेटना, दफन होना; निष्क्रिय होना, क्रियाहीन रहना, निद्रित होना, ऊँघना, अलसाना, सुस्त होना, बेकार होना (*sword ~s in the scabbard*); ~ talking स्वाप भाषण; *~ like a log* or *top* गहरी नींद सोना, जड़वस्तुकी तरह सोना ।

sleeper n. शायी, शयालु, निद्रालु, सोनेवाला इत्यादि (क्रियागत अर्थोंमें); आलसी; स्लीपर, लकड़ीका कुन्दा (जिसपर रेलकी पटरियाँ बिछायी जाती हैं), सलीपट ।

sleepiness n. शान्ति, मौन, असावधानी, आलस्य, सुस्ती, खामोशी; निद्रालुता, ऊँघनेकी अवस्था या आदत, निन्दास, ऊँघास, ऊँघाई, ऊँघ, झपकी, उनींदापन ।

sleeping[1] n. सुप्ति, स्वाप, शयन, निद्रा ।

sleeping[2] a. सुप्त, सोया हुआ; ~-bag सोनेका खोल या थैला (जिसमें घुसकर बाहर मैदानमें भी सोया जा सकता है); ~-car(-riage) सोनेका डिब्बा (जिसमें बिस्तर लगाकर यात्री सो लेते हैं); ~-draught नींद लानेवाली ओषधि, अफीमवाली निद्राजनक ओषधि;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~partner उदासी भागीदार, निष्क्रिय साझीदार, निष्क्रिय सहभागी; ~ sickness सुषुप्ति-रोग; ~ ward शयन कक्ष; *let ~ dogs lie* सोते कुत्तोंको न जगाओ।

sleepless a. नष्टनिद्र, अनिद्र, विनिद्र, निद्रारहित, बिना नींदका; अविराम, विश्रामरहित, चेतन, सावधान।

sleeplessness a. निद्राभाव, अनिद्रता, निद्राभ्रंश, निद्राहीनता, उनींदापन, बेचैनी; अविश्रान्ति, अशान्ति, अविश्राम; जागरूकता, सजीवता, सावधानी।

sleepy a. शयालु, तन्द्रालु, निद्रापर, निद्राशील, निद्रालु, उनींदा, ऊँघता हुआ; अचेतन, अजागरूक, निष्क्रिय, असावधान, सुस्त, आलसी, बेपरवाह, काहिल; शान्तिपूर्ण, कोलाहलरहित, निःशब्द, शान्त, मौन, खामोश (*a ~ little town*); सूखा, भरा हुआ (*~ fruit*); ~head असावधान व्यक्ति, आलसी, ऊँघनेवाला आदमी, ऊँघनचन्द।

sleet १. n. तुषारवृष्टि, सीकर, तुषारासार, सहिम वर्षा, उपलवृष्टि, शिलावृष्टि, आइयानवर्षा, करकापात, मेहके साथ मिले हुए हिम या ओले, पत्थर, बर्फ; २. v. i. *it ~s* तुषार या बर्फ पड़ती है, पत्थर पड़ता है, ओले गिरते हैं।

sleetiness n. तुषारवर्षापूर्णता, शिलावृष्टिकी अवस्था, बर्फीले मेह या ओलोंके मेहकी अवस्था।

sleety a. तुषारवृष्टिपूर्ण, शिलावृष्टियुक्त, बर्फ या ओले-वाला।

sleeve n. बाहुप, बाँह, आस्तीन; नली (जिसके भीतर लोहेकी छड़ या एक और नली हो); ~-link बाँहका बटन; *hang on the ~* आश्रित होना; *have card, plan,* etc., *up* one's *~* मनमें कोई योजना या बात छिपाये रखना, मौकेके लिए कोई चीज छिपाये रखना, तरकसमें तीर होना; *laugh in* one's *~* धूर्ततासे, गुप्त रूपसे, चालाकीसे, हँसना; *turn, roll, up* one's *~s* काम या लड़ाईके लिए तैयार होना, कमर कसना, बाँहें उठाना, आस्तीन चढ़ाना;
~-button, ~-dog, ~-waistcoat.

sleeved a. बाँहवाला, आस्तीनदार।

sleeveless a. अबाहुप, बिना बाँह या आस्तीनके; बेठौर; निरर्थक, बेकार।

sleigh[1] n. दे० SLEDGE[1].

sleigh[2] v. i. हिमगा-यात्रा करना, हिमशकट-यात्रा करना, विचक्रशकट चलाना, बर्फगाड़ीसे यात्रा करना, स्लेज चलाना, स्लेजपर जाना।

sleighing n. हिमगा-यात्रा, हिमशकट-यात्रा, विचक्र-शकट-यात्रा, बर्फगाड़ीकी सैर, स्लेजपर घूमना फिरना।

sleight n. (प्रा०) कौशल, इन्द्रजाल, चातुर्य, चतुराई, चातुरी, धूर्तता, करतूत, चाल, चालाकी, पेच, होशियारी; ~-of-hand हस्तकौशल, मदारीपन, करतब, हाथकी सफाई; पटेबाजी या गदकाफेरीमें तेजी, फुर्ती।

slender a. किंचित्, अत्यल्प, सापेक्षिक रूपसे अल्प, कम, थोड़ा, अनुचित, अनुपयुक्त, कठिनाईसे पर्याप्त, मुश्किलसे काफी, नाकाफी (*~ income*); तनु, क्षीण, कृश, दुर्बल, सूक्ष्म, अदृढ़, पतला, सुकुमार, छरहरा, दुबला, कमजोर, नाजुक (*~ girl*)।

slenderize v.i. & t. तनु होना या करना, क्षीण होना या करना, कृश होना या करना, दुर्बल होना या करना; सुकुमार होना या करना, नाजुक होना या करना।

slenderness n. अल्पता, अत्यल्पता, अनुपयुक्तता, तंगी, कमी; तनुता, क्षीणता, कृशता, दुर्बलता, दुबला-पतलापन, सुकुमारता, दुबलापन, पतलापन, कमजोरी, नजाकत।

slept SLEEP का भू० कृ०।

sleuth-hound n. प्रखरघ्राणशक्तिविशिष्ट शिकारी कुत्ता, रक्तगन्धखोजी या खूनकी बास ले लेनेवाला कुत्ता (शा० एवं ला०); (अमरीकामें केवल *sleuth* भी) गुप्तचर, भेदिया, खुफिया, जासूस।

slew[1] SLAY का भूतकालिक रूप।

slew[2], **slue** १. n. घूमने या फिरनेकी गति, घुमाव, घूम, मोड़; २. v.t. & i. यत्नपूर्वक या बलपूर्वक मोड़ना या मुड़ना, घुमाना या घूमना, फिराना या फिरना, झुलाना या झूलना (*~ round, to the left,* etc.)।

slice १. n. छेदिका, शकल, छिद्र, खण्ड, टुकड़ा, कतला, फाँक; अंश, भाग, साझा, हिस्सा (*a ~ of territory*); पतले चौड़े फलका चपटा छुरा; २. v.t. & i. खण्ड-खण्ड करना, टुकड़े करना या काटना, हवाको काटते हुए जाना, फाँकें करना, फाँकें काटना, वरक उतारना; डाँड़ या गोल्फके डण्डेसे गलत काट करना, पानीको चप्पूसे काटना (*~ the water*)।

slicer n. छेदक, शकलक, खण्डक, टुकड़ा करनेवाला, फाँक बनानेवाला।

slick १. v.t. सुन्दर और भड़कीला करना, चिकना और चमकीला बनाना; २. a. पटु, दक्ष, चातुर्यपूर्ण, कौशलयुक्त, अच्छा, चतुराईका, होशियार, साफ, सफाईदार, हाथकी सफाईका, फुर्तीला; ३. adv. (बोल०) पूर्णरूपेण, पूरी तरहसे, ठीक-ठीक, सही तौरपर, सीधे-सीधे, सीधे तौरपर (*came ~ into the middle of them*)।

slicken v.t. चिकना करना, चमकाना, पालिश करना।

slicker n. ⊙ मोमजामा, बरसाती, वाटरप्रूफ।

slid SLIDE. का भू० कृ०।

slidable a. विसर्पणीय, फिसलने या सरकनेवाला, सरकने योग्य, फिसलने लायक।

slidder[1] n. पहाड़ीके नीचेका ढालू मार्ग, ढलान।

slidder[2] v. i. फिसलना, सरकना।

sliddery a. ढलवाँ, फिसलहना, फिसलाऊ, फिसलहटी।

slide[1] n. ढाल, ढलाव या फिसलन; बर्फपर लोगोंके फिसलनेका मार्ग, फिसलनेका रास्ता; सर्पण, सरकन, फिसलनेकी क्रिया; फिसलना पाट, झुका हुआ तख्ता या पटिया (जिसपरसे सामान नीचे सरकाया जाता है);

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(*~-way* भी) पटरी, ढलवाँ नाली (जिसपर या जिसके बीचमें फिसलनेवाले भाग चलते हैं); फिसलनेवाला मशीनका पुर्जा या औजार; (*~-valve* भी) सूप कपाट, फिसलनेवाला टुकड़ा (जो इधर-उधर फिसलकर छेदको खोलता और बन्द करता है); काचपट्टिका, जादुई लालटेनका सिनेमा, स्लाइड;

~ bar, ~ caliper, ~ chair, ~ gauge, ~-rest, ~ rule.

slide[5] v.t. & i. विसर्पित होना, सर्पण करना, (किसी चिकनी भूमिपर) ढलकना, फिसलते हुए बढ़ना, खिसकना, सरकना, रपटना; घिसकाना, खिसकाना, फिसलाना, सरकाना; (दौड़के धक्केके साथ बिना स्केटोंके भी) बर्फपर फिसलते जाना, अपनेआप खिसकना; बिना हस्तक्षेपके जाना, निरपेक्ष रहना, उदासीन रहना, चुपचाप निकल जाना, बिना कुछ बोले गुजरना; अचेतन रूपसे या बिना किसीके देखे धीरे-धीरे बढ़ना, चुपकेसे जाना, आहिस्तासे जाना, दे० SLIP[2] GLIDE, (*~s into sin*); बच्चे सेना ⊙; *let things ~* उदासीन रहना, उपेक्षाशील होना, होतेको होने देना, बेपरवाह रहना।

slideable a. = SLIDABLE.

slider n. सर्पी, विसर्पी सरकनेवाला, फिसलनेवाला।

sliding १. n. विसर्पण, अवसर्पण, खिसकन; २. a. सर्पी; ~ rule, (*slide-rule* भी) सूप रेखक, विसर्पी गणक, सरकनेवाला पैमाना (जिससे गणितकी कुछ प्रक्रियाएँ अपने-आप हल हो जाती हैं), स्लाइड रूल; ~ scale सर्पी अनुमाप, विसूप अनुमाप, विसर्पी सारिणी (जो मूल्यादिके अनुसार अपने-आप हिसाब बता देती है); ~ seat सरकनेवाली गद्दी या सीट।

slight[1] १. n. अवज्ञा, अवमान, अपमान, तिरस्कार, अनादर, निरादर, उपेक्षा; २. v.t. (किसी व्यक्ति, अध्ययन-शाखा आदिका) अवज्ञा या तिरस्कार करना, अपमान करना, निरादर करना, उपेक्षा करना, तुच्छ समझना, महत्त्वहीन समझना, कुछ न समझना, लापरवाही करना; ~ *over* उपेक्षा करना।

slight[2] a. सामान्य, साधारण, हलका, मामूली (*has a ~ cold*); कृश, क्षीण, सूक्ष्म, सुकुमार, दुर्बल, दुबला-पतला, कमजोर, नाजुक (*saw a ~ figure approaching*); अल्प, स्वल्प, अधिक नहीं, अपर्याप्त, नगण्य, किंचित्, क्षुद्र, थोड़ा, जरा, कम, (*after ~ inquiry, ~est inconvenience*)।

slighting a. सावज्ञ, अनादरपूर्ण, सावमान, अपमानजनक।

slightish a. साधारण-सा; अल्प-सा, क्षुद्र-सा, हलका-सा, कुछ कम, कुछ-कुछ; आकृश, क्षीण-सा, सुकुमार-सा, दुबला-पतला-सा या नाजुक।

slightness n. स्वल्पता, क्षुद्रता, नगण्यता, कमी, थोड़ापना; सामान्यता, साधारणता, मामूलीपन; क्षीणता, कृशता, दुर्बलता, सुकुमारता, कमजोरी, नजाकत; उपेक्षा, तिरस्कार, अनादर।

slim १. v. i. (व्यायाम और पथ्यसे) स्थूलता दूर करना, मोटापा कम करना; दुबला होना, पतला होना; २. a. कृश, तनु, क्षीण, दुर्बल, कमजोर, दुबला-पतला, इकहरा, छरहरा, पतले आकारका, नाजुक; अविवेकी, वादशील. युद्धकुशल, छली, कपटी, धूर्त, आँकड़े मिड़ानेवाला, जोड़-तोड़ बैठानेवाला, मक्कार; हल्का ⊙।

slime १. n. कर्दम, अवपंक, पंक, कीच, दलदल, चहला, पतला कीचड़ या चिपचिपा पदार्थ, आश्लेष्म, लसदार वस्तु; २. v.t. & i. (अपने शिकारको निगलनेके पहले) कीचड़में लथपथ करना, लथेड़ना, कीचमें लपेटना; (ग्रा०) (शारीरिक या नैतिक दृष्टिसे) फिसलकर पार हो जाना, फिसलकर निकल जाना, साफ बच जाना;

~ cell, ~ eel, ~-gland, ~ mould, ~ ~ plug, ~ spore.

sliminess n. आश्लेष्मलता, पंकिलता, चिकनापन, चिकनाहट, चिपचिपाहट, लसलसाहट, लिबलिबापन; चाटुकारिता, चापलूसी, खुशामद।

slimmish a. कृश-सा, दुबला-पतला-सा, नाजुक-सा; धूर्त-सा, चालाक-सा, मक्कार-सा।

slimness n. कृशता, सुकुमारता, दुबला-पतलापन, छरहरापन, दुर्बलता, कमजोरी; युद्धकुशलता, चतुरता, कपटीपन, चालाकी, मक्कारी।

slimy a. आश्लेष्मल, श्लैष्मिक, कीचड़का; पंकमय, पंकिल, कीचड़में लथपथ, लथड़ा हुआ; चिक्कण, चिकना, फिसलनेवाला, चिपचिपा, लिबलिबा; प्रियवादी, धूर्त, मिठबोला, मुँहमीठा पेट कसाई, चापलूस, चाटुकार, खुशामदी, दब्बू।

sling[1] १. n. पाशी, सिक्य, दोला, गोफन, गोफना, वस्तुएँ लटकानेके छींके; उद्बन्धन, गलपट्टी, स्लिंग, लटकन; २. v.t. & i. गोफनेमें रखकर पत्थर फेंकना या मारना, गोफना चलाना; (क्व०) फेंककर मारना; छींकेमे लटकाना, गलेकी पट्टीमें (हाथको) लटकाना, झुलाना, लटकाकर हिलाना-डुलाना; सामानको लटकनमें झुलाना, किसी लटकनमें रखकर किसी सामानको एक स्थानसे दूसरे स्थानपर पहुँचाना, झूलेपर उठाना; ~sman = SLINGER; ~ *ink* लेखक या पत्रकार होना, लिखना, कलम-घिसाई करना।

sling[2] n. एक प्रकारकी ताड़ी।

slinger n. गोफना चलानेवाला, गोफना मारनेवाला।

slingshot ⊙ = CATAPULT.

slink[1] १. n. समयके पहले उत्पन्न पशु; बछड़ेका मांस; २. v.t. & i. समयके पहले ही गर्भ गिरना या पेट गिरना, वक्तके पहले ही बच्चा पैदा करना या होना, (मादा पशुका) बच्चा गिराना।

slink[2] v. i. (अपराधी भावसे या लज्जाके कारण) छिपकर जाना, चोरकी तरह चलना, चुपकेसे निकल जाना या खिसक जाना, सरक जाना, चम्पत होना।

slinking १. n. अपसर्पण, सरकन; २. a. अपसर्पी।

slinky a. अपसर्पी, चुपकेसे सरक जानेवाला; वक्र, टेढ़ा-मेढ़ा; दुबला-पतला; चुस्त (*~ garment*)।

slip[1]* n. सर्पण, फिसलन*, बिछलन, रपटन, खिसकन*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

क्रियागत अर्थोंमें (*a ~ on a piece of orange-peel may be fatal*); त्रुटि, स्खलन, अशुद्धि, भ्रम, दोष, अपराध, च्युति, प्रमाद, अतिक्रम, आकस्मिक अभिचार, भयकर भूल, भूल-चूक, बड़ी गलती; ढीला-ढाला वस्त्र या जामा; ढालू चौरस भूमि (जिसपर जहाज बनाये और मरम्मत किये जाते हैं); पत्थरकी बनावटी ढाल (जिसपर जहाज उतारे जा सकें); (पतली लकड़ी या कागज आदिकी लम्बी) पत्ती, पट्टी, पर्णी, परची*, धज्जी, पुर्ज़ी (*~ book*); मुद्रकका फरमा (प्रूफ); कुत्तेका पट्टा या तस्मा; क्लिप या किसी चिपकी हुई चीजको एकाएक खोलनेका खटका; पतली चिकनी मिट्टी (जो पत्थरोंपर बेलबूटे बनाने या फेरनेके काम आती है); शाख, शाखा, काण्ड, टहनी, डाल, कलम; (क्रिकेटके खेलमें) बल्लेबाजके पास विकेटके पीछे खड़ा होनेवाला कोई एक खिलाड़ी या फील्डर; इस खिलाड़ी (स्लिप) के खड़े होनेका स्थान (*was caught in the ~s or at ~*); (pl.) नहानेका जाँघिया; छोटी चपटी मछली: विमानकी यात्रामें दूरीका लोप; (रंगमंच, pl.) नाटकीय स्थल (जिसमेंसे दृश्य निकाल दिये गये हों) या ऐसा स्थल जहाँपर पात्र या अभिनेता रंगमंचपर आनेसे पूर्व खड़े होते हैं; घोल; ~-carriage कटा हुआ डिब्बा, पूरी गाड़ीसे किसी स्टेशनपर कट जानेवाला रेलगाड़ीका कोई एक डिब्बा; ~ hernia सूप वर्ध्म; ~-knot सरकती गाँठ, फिसलनी गाँठ, सरक फँदा, झटकेसे या ताननेसे खुल जानेवाली गाँठ; ~shod चप्पल, चटकानेवाला, स्लीपर पहने हुए; असावधान, लचर, भोंड़ा, फूहड़; (ला०, भाषण, लेखन, वक्ता, लेखक, कार्यशैली आदिके सम्बन्धमें) अक्रम, क्रमरहित, क्रमहीन, अव्यवस्थित, अस्पष्ट, अनिश्चित, असावधान, चिन्तारहित, लापरवाह, बेपरवाह, बेतुका, ढीला, ढीला-ढाला; ~-up⊙ n. (बोल०) त्रुटि, बड़ी भूल, गलती; खतरा; ~way पोतनिर्माण, जहाज-निर्माण या जहाजका कारखाना; *give* one *the ~* बच जाना, बचकर निकल जाना, कटकर निकल जाना; *~ of the tongue, pen* जिह्वा या लेखनीकी भूल, किसी और बातके लिए कुछ और बात कह जाना या लिख जाना;

~ bands, ~ books, ~ lines, ~ planes, ~ rack, ~ siding, ~ system.

slip[2] v.t. & i. सरकते हुए या फिसलते हुए जाना, सरक जाना (*as the door closes the catch ~s into place*); स्खलित होना, हटना, थोड़ी दूर तक अनजानमें ही फिसलना, अनजाने ही फिसलनेके कारण सध न पाना, जगहसे हट जाना, पाँव चूक जाना, रपटना, फिसलना (*~ped in the mud*); पलायन करना, एक-दो तीन होना, नो-दो ग्यारह होना, चुपचाप ही या बिना देखे ही जल्दीसे ही चलते बनना, खिसक जाना, लम्बे होना, सरक जाना, आँख बचाकर चल देना, चम्पत हो जाना, रफूचक्कर होना (*~ out of the room*); फिसलकर निकल जाना, सरक जाना, फिसल जाना, निकल जाना, पकड़में न आना, बच जाना, छूट जाना, साफ खिसक जाना (*let reins ~ out of his hands*); त्रुटि या भूल करना, चूकना, भूलना, गलती कर जाना, चूक जाना (*~s now and then his grammar*); बचा जाना, बचाकर निकालना, खिसका देना (*dog ~s his collar*); बन्धनमुक्त करना, किसी प्रकारके बन्धनसे छोड़ देना, रिहाई देना, छुट्टी करना, खोल देना; कपड़ोंको जल्दी-जल्दी पहनना या उतारना; एकाएक ढंगसे सन्निवेश करना, गुप्त रूपसे थमाना, खिसकाकर डालना, चोरीसे भीतर डालना, भीतर खिसका देना (*~ped half a crown into the porter's hand*); *~ along* तेज जाना, बहुत तेज रफ्तारसे चलना; *~ anchor* लंगर उठाना, जहाज हटाना; *~ greyhounds from leash* कुत्तोंका पट्टा खोल देना; *~ into* (ग्रा०) मुक्के मारना, मरम्मत करना, घूँसे जमाना, पीटना, ठोंकना; *~ off* or *away* खिसक जाना, मौका पाकर निकल जाना, बिना आज्ञा लिये या सूचना दिये चल देना, आँख बचाकर चल देना; *~ up*⊙ उल्टे ढंगसे जाना, गलत दिशासे चलना; भूल करना।

slip[3] n. (बर्तनपर चित्रकारी करनेके लिए) लेवी।

slipper १. n. पादुका, चप्पल, चट्टी, स्लीपर, स्लीपर; कुत्तोंकी दौड़ दौड़नेवाला आदमी; (गाड़ीके पहियेमें लगी हुई एक प्रकारकी) रोक या ब्रेक; २. v.t. (बच्चोंको दण्ड देते हुए) चट्टी लगाना, स्लीपर चलाना; *~ thorn* नागफण।

slippered a. चट्टीयुक्त, चप्पलवाला, स्लीपर पहने हुए, स्लीपर पहने हुए।

slipperiness n. चिकनापन, फिसलन, फिसलाहट; धूर्तता, अनैतिकता, चंचलता, बेईमानी; चातुर्योपेक्षा; कठिनाई।

slippery a. चिक्कण, मेदुर, सर्पणशील, चिकना, पिच्छिल, फिसलाऊ, फिसलनी, रिपटनी (भूमि); (ला०) दुर्गम, चातुर्योपेक्षी, कष्टसाध्य, कूटबुद्धिसाध्य, चतुराई या होशियारीसे करने योग्य, सावधानीसे समझने लायक, पेचीदा (विषय, मामला); अनवस्थित, चपल, चंचल, अस्थिर, अनिश्चित, तरल, परिवर्तनशील, पकड़में न आनेवाला, फिसलकर निकल जानेवाला (व्यक्ति या पदार्थ); अनैतिक, अविश्वसनीय, अनुपयुक्त, अविवेकी, धूर्त, चलता हुआ, चालाक, बेठिकाने, बेईमान।

slippiness n. पिच्छिलता, चिक्कणता, चिकनापन, फिसलन, फिसलाहट।

slipping⊙ n. बहाव (प्रायः *over* के साथ)।

slippy a. (ग्रा०) पिच्छिल, चिकना, फिसलना, रिपटना; *look* or *be ~* (ग्रा०) शीघ्रता करना या तेज होना, चलो जल्दी, जल्दी करो।

slipshod a. मन्द, अलस, आलसी।

slipslop[1] n. अवर मद्य, खराब मदिरा, घटिया शराब।

slipslop[2] a. निःस्व, दीन, दरिद्र; कृश, कृशकाय, क्षीण, दुर्बल।

slit १. n. दीर्घ छिद्र, दरी, दरार, वेध, चाक, शिगाफ

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(*a ~ is provided for the coin to drop through*); दीर्घच्छेद, लम्बा चीरा; काट, कटाव या फटाव, फाँट; २. v.t. & i. विदीर्ण करना, लम्बाईमें काटना, लम्बाईमें चीरना, पतले लम्बे टुकड़े काटना, चीरना, फाड़ना, लम्बा चीरा बनाना, चाक करना (*threatened to ~ his nose*); ~ trench दरी, खात, शत्रुके लिए तंग या सँकरी खन्दक, दीर्घ खाई ।

slither v. i. (बोल०) अस्थिरतापूर्वक फिसलते जाना, रुक-रुककर फिसलना; सरकते या रिपटते हुए चलना ।

slithery a. अविश्वस्य, अविश्वसनीय; वंचक, प्रवंचक, धूर्त, ठग, धोखेबाज; अस्थिर ।

slitter n. विदारक व्यक्ति, लम्बाईमें काटनेवाला औजार ।

sliver १. n. पीवरी, (मछली मारनेमें प्रयुक्त) छोटी मछलीका काटा हुआ एक भाग (जो काँटेमें चारेके रूपमें लगाया जाता है); लकड़ीका फटा हुआ टुकड़ा, फरीं, छिपट, छिपटी; २. v.t. & i. टुकड़े काटना या छिपटें करना, विभाजित करना या होना, छिपटें बनाना ।

sloam n. (कोयलेकी परतोंके बीच) मृदु मृत्तिकास्तर, चिकनी मिट्टीकी परत ।

slob n. पिच्छिल भूमि, कर्दम-भूमि, कीचड़दार जमीन ।

slobber १. n. अर्द्धोन्मत्त अवस्थाकी बातचीत, भावुकता या चुम्बन; राल, लार; २. v.t. & i.(बच्चे या अर्द्धोन्मत्त व्यक्तिका) मुँहसे राल बहाना, लुआब आना, लार बहाना; (किसीके कपड़ों या चूमनेमें किसी व्यक्तिको) थूकसे गीला कर देना; भद्दे ढंगसे या फूहड़पनसे काम करना, बेढंगेपनसे करना, खराब करना, बिगाड़ना ।

slobberiness n. अर्द्धोन्मत्तता, मस्ती, बेसुधपन ।

slobbery a. अर्द्धोन्मत्त, मस्त, बेसुध; गीला, तर ।

sloe n. श्यामकण्ट, एक कँटीली झाड़ी, कँटीली जंगली झाड़ीका नीला काला बेर-जैसा (फल); काली कँटीली झाड़ी (का फल) ।

slog १. n. थप्पड़, घूँसा; २. v.t. & i. घूँसेबाजी (मुक्केबाजी और क्रिकेटमें) अन्धाधुन्ध हाथ चलाना, जोरसे और बिना देखे कसके चोट लगाना, बेतहाशा मारना; अविराम गतिसे चलते जाना, दृढ़तापूर्वक चलते जाना, लगातार काम किये जाना ।

slogan n. स्कॉटलैण्डका युद्धघोष, समाघोष, सिंहनाद, जंगका नारा; सम्प्रदायों या दलोंके सूत्रशब्द, आदर्श वाक्य, सांकेतिक वाक्य या शब्द, नीतिवाक्य, घोष, दलगत घोषणा, पुकार, नारा; विज्ञापनबाजीमें प्रयुक्त छोटे आकर्षक कथन या शब्द ।

slogger n. अन्धाधुन्ध हाथ चलानेवाला, अटकलपच्चू हाथ मारनेवाला ।

sloid, sloyd n. काष्ठकला-प्रशिक्षण, कायिक श्रम, शारीरिक श्रम ।

sloop n. क्षुद्र पोत-विशेष, एक प्रकारका मस्तूलवाला जहाज; ~ of war (इति०) तोपोंको रखे हुए छोटी नावोंवाला पोत या जहाज ।

slop[1] १. n. (pl.) रसोईका मैला पानी, गन्दा पानी, सकरा पानी, बर्तनोंका सकरा, जूठन आदि; मदिरारहित पेय, रसीला खाद्य जैसे शोरवा आदि; पंक, कीचड़; २. v.t. & i. (कपड़ों या फर्शपर) गन्दा पानी डालना या उससे भिगोना, गन्दा पानी या सकरा गिराना, सकरा या जूठन गड्डबड्डु करना; भिगोना, तर करना, बहाना, छलकाना, बहना, छलकना; ~-basin जूठन या सकरेका बर्तन; ~-pail शयनागारमें सकरे या जूठनकी बाल्टी, गन्दे पानीकी बाल्टी; ~ *over* (ला०) भावोच्छ्वास प्रकट होना, भावप्रवण या भावुक होना, मदोन्मत्त-सा होना, फूट पड़ना ।

slop[2] n. (केवल pl. में) (प्रा०) चौड़ा ढीला जाँघिया या नेकर; बने-बनाये कपड़े; नौसेनामें नाविकोंको दिये गये बने-बनाये कपड़े, बिछौने आदि; ~-shop तैयार किये हुए कपड़ोंकी दुकान ।

slop[3] n. (ग्रा०) सिपाही, पुलिसवाला ।

slope* १. n. प्रावण्य, नितार, ढाल, ढलान*, उतार, झुकान (*there is always a certain ~ in a ship's deck*); प्रवण भूमि, अवसर्पिणी भूमि, ढालू भूमि, ऊँची-नीची भूमि, उतराई; कन्धेपर झुकी हुई बन्दूक रखनेवाले सिपाहीकी मुद्रा, बन्दूककी पोजीशन; २. v.t. & i. ऊपर या नीचेको ढालू होना, ढाल होना, तिरछा पड़ा होना, झुकना, आड़े पड़ना; ढालपर या ढालवाँ ढंगसे रखना, ढालू या ढलवाँ करना, तिरछा करना, सलामी करना या लगाना, ढालमें जमाना (*must ~ the sides of the pit*); (ग्रा०) इधर-उधर चक्कर काटना, चलते बनना, भाग खड़े होना, हट जाना, टहलना, लम्बे होना, मटरगश्ती करना; ~ *arms* कन्धेके ऊपर बन्दूकको तिरछे रखना ।

slopewise adv. ढालू रूपमें, ढलवाँ, तिरछा, आड़ा ।

sloping १. n. प्रावण्य, ढाल, ढलान; २. a. प्रवण, ढालू, ढलवाँ, तिर्यक्, तिरछा (~ *land*) ।

sloppiness n. पंकिलता, गन्दापन, भीगापन; क्रमहीनता, अव्यवस्था, बेढंगापन, बेतुकापन; उन्मत्तता, भावुकता, मस्ती ।

sloppy a. पंकिल, भीगी, कीचड़वाली, बरसाती पानी और भरे हुए गड्ढोंवाली (सड़क); सकरन या पानीके गिर जानेसे भीगा (फर्श, मेज आदि); क्रमहीन, उलटा-सीधा, बेढंगा, बेतुका, बेकायदा (काम); मदोन्मत्ततापूर्ण, भावुकतापूर्ण, उन्मत्त (भावना या बातें) ।

slops n. (pl.) सुथना, पयजामा, पायजामा, गोड़ंगा ।

slopy a. प्रवण, ढालू ।

slosh[1] n. प्रबल आघात, प्रबल आक्रमण, भयानक प्रहार ।

slosh[2] v.t. प्रबल आघात करना, प्रबल आक्रमण करना, भयानक प्रहार करना ।

slot[1] १. n. (नाटकके रंगमंचके) द्वारका खटका, बिल्ली; किसी मशीनमें कटाव, छेद, दरार, बिल, सूराख, शिगाफ (जिसमें कोई दूसरा पुर्जा बैठाया जा सके); २. v.t. मशीनमें इस प्रकारके छेद या दराँचे रखना; ~-machine स्वयंचालित छेदवाली मशीन (जिसमें सिक्का डालनेपर छोटी चीजें अपने-आप बाहर निकल

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

आती है)।

slot[2] n. मृगपथ, हिरन आदिका पदचिह्नित मार्ग, हिरनका शिकारी रास्ता।

sloth n. शाखालम्बी, (दक्षिणी अमरीकाका) स्तनपायी पशु; निष्क्रियता, कार्यविमुखता, तन्द्रा, शिथिलता, आलस्य, अलसता, मन्दता, आलस, सुस्ती, ढील, ढीलापन, काहिली; ~-bear भारतीय और लंकाका शहद खानेवाला रीछ।

slothful a. तन्द्रालु, तन्द्रिल, आलस्यपूर्ण, अलस, आलसी, सुस्त, काहिल।

slothfulness n. तन्द्रिलता, शिथिलता, आलस्य, आलसीपन, सुस्ती, काहिली।

slotted a. छिद्रिल, छिद्रमय, छिद्रयुक्त, छेददार, कटावदार, दरारदार, बिलदार, सूराखदार (~ *screw*)।

slouch १. n. भद्दा कारीगर, अनाड़ी आदमी, फूहड़ आदमी, ढीलाढाला आदमी; अलस वृत्ति, शिथिल भाव, फूहड़पन, ढीली-ढाली चाल, भद्दी चाल; (टोपके एक किनारेका नीचेको) झुकाव; सिरका झुकाव; २. v.t. & i. शिथिल गतिसे चलना, ढीले-ढाले होकर चलना, खड़े होना या बैठना; लटकना, लापरवाहीसे लटकाना, झुकना, झुकाना, झुका लेना; टोपका किनारा एक ओर नीचेको झुकाना, मोड़ लेना।

slouching a. प्रलम्ब, आनत, झुकनेवाला।

slough[1] n. महापंक, पंकिल स्थान, दलदल, कीचड़की जगह; *the S~ of Despond* अपराध या पापोंमें निराशापूर्ण छटपटाहटकी अवस्था।

slough[2] १. n. निर्मोक, निर्मोचन, अहित्वचा, केंचुल, केंचुली या किसी जन्तुके शरीरसे अलग होनेवाला कोई भाग; मृत त्वचा, मृत चर्म, मरी हुई खाल, खुरण्ड, घाव आदिका सुरदार मांस; (ला०) परित्यक्त वृत्ति, छोड़ी हुई आदत, भुलाई हुई टेव; २. v.t. & i. केंचुली छोड़ना या उतारना; केंचुलीकी भाँति उतार फेंकना।

sloughy[1] a. पंकिल, दलदली, कीचड़से भरा।

sloughy[2] a. केंचुलीका; मृत त्वचा-सम्बन्धी, खुरण्ददार, खुरण्डका; (ला०) त्यक्त वृत्ति-सम्बन्धी।

sloven n. असविधान, व्यक्तिगत रूपसे अव्यवस्थित, मलिनवेषधारी व्यक्ति, अस्वच्छ, गन्दा, मैला-कुचैला, आलसी, लापरवाह, बेढंगा, बेतुका, सुस्त, फूहड़ या काहिल, नासमझ, बेतमीज, बेशऊर आदमी।

slovenliness n. अपरिष्कार, मलिनता, अस्वच्छता, अव्यवस्था, बेढंगापन, फूहड़पन, बेशऊरी, गन्दगी।

slovenly a. मलिन, अव्यवस्थित, अपरिष्कृत, अस्वच्छ-वेश, गन्दा, मैला, बेढंगा, फूहड़, बेतमीज, बेशऊर।

slow* १. v.t. & i. (रेलगाड़ी, जहाज आदिकी) गति धीमी करना, चाल कम करना, सुस्त होना; २. a. मन्थर, मन्दगामी, मन्दगति, मन्द*, दीर्घसूत्री, धीरे-धीरे चलनेवाला या काम करनेवाला, सुस्त, मद्धिम, धीमा*, ढीला (~ *and steady wins the race*); पराङ्मुख, विमुख, अनिच्छुक, विलम्बकारी, घृणालु, टालनेवाला, टालमटोल करनेवाला, टरकानेवाला (*was not ~ to defend himself*); असंवेदनशील, अभावुक, अक्षिप्र, निश्चेष्ट, स्तिमित, स्थिरचित्त, शान्त, ठण्डा (*is ~ to anger*); ठीक समयसे पीछे, सुस्त (घड़ी) (*is 20′ ~*); मन्दमति, मन्दबुद्धि, निर्बोध, स्थूलबुद्धि, अल्पबुद्धि या जड़, मूर्ख, मोटी समझका, कुन्द, बुद्धू, मट्ठर (*is ~ of speech, of wit*); धीमापन लानेवाले, धीमा करनेवाले (धरातल, फर्श) (*a ~ pitch*); निर्जीव, आनन्दहीन, अरसिक, नीरस, रसहीन, रूखा-सूखा, बेमजा, फीका (*entertainment was voted ~*); (फोटोग्राफीके लैन्स या वीक्षके सम्बन्धमें) छोटे छेदका (जिसमें लम्बे प्रकाशदर्शनकी आवश्यकता हो); ३. adv. शनैः-शनैः, मन्थर गतिसे, धीरे-धीरे, धीमे-धीमे, बड़े मजेसे (*how ~ he climbs!*); ~coach मन्दबुद्धि, मन्थरमति, मन्दगति, आलसी, बुद्धू, मट्ठर; ~-match धीमी दियासलाई (जिससे विस्फोटक पदार्थोंमें धीरे-धीरे आग जाती है); ~-motion मन्द गति; *go ~* ⊙ समय लेना, अधिक समय लगाना; *run ~* ⊙ मन्द करना, धीमा करना।

slowing n. गतिमन्थरण, मन्दीकरण, चाल धीमी करना।

slowness n. मन्थरता, मन्दता, मान्द्य, दीर्घसूत्रता, मन्द गति, विलम्ब, मन्दी, मन्द बुद्धि, धीमापन, सुस्ती।

slow-worm n. मन्दसर्प, साँप और छिपकलीके बीचका छोटा अहिंसक जन्तु।

sloyd n. = SLOID.

slub[1] n. वक्रीयित सूत्र, बटे हुए धागे।

slub[2] v.t. सूत्र बटना, धागे बटना, ऊन माँजना।

slubber[1] n. वक्रण-यन्त्र, बटनेकी मशीन।

slubber[2] v.t. & i. मन्दतया करना, आलस्य या फूहड़पनसे करना; धब्बा डालना, मैला करना।

slubberdegullion n. क्षुद्र व्यक्ति, नीच व्यक्ति, अवर व्यक्ति, शठ व्यक्ति, गँवार आदमी।

sludge n. कर्दम, अवपंक, कीच, गाढ़ा चिकना कीचड़; मोरी या नरदवा (नाबदान) का कीच, गाद, गिलाव; अवमल, मैल।

sludgy a. कीचड़भरा, गिलावभरा, गन्दला, मैला।

slue v.t. घुमाना, फेरना।

slug[1] १. n. पौधोंको नष्ट करनेवाले आवरणहीन शम्बुक, कीड़े आदि; संयुक्त मुद्र, लीनोटाइप मुद्रणमें टाइपकी पंक्ति; लोष्ठक, धातका गोल पिण्ड; बन्दूककी बेडौल-सी गोली; २. v. i. उद्यान इत्यादिमें शम्बुक कीड़ोंको एकत्र करके नष्ट कर डालना।

slug[2] ⊙ = SLOG.

sluggard n. जड़, मन्द आलसी पुरुष, सुस्त आलसी व्यक्ति, आरामतलब आदमी।

sluggardize v.t. मन्द बनाना, आलसी बनाना।

slugged ⊙ a. धक्का देकर गिराया हुआ।

sluggish a. मन्थर, मन्दगति, मन्दगामी, धीमा, धीमे चलनेवाला; निश्चेष्ट, स्तिमित, अनुद्योगी, आलसी, तन्द्रालु, निष्क्रिय, मन्द, आलस्यशील, जड़, मट्ठर, आरामतलब, काहिल, सुस्त, (~ *liver, person, stream*)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

sluggishness n. मन्दता, मान्द्य, अनुद्योगिता, निष्क्रियता, तन्द्रा, आलस्य, आलसीपन, जड़ता, धीमापन, मट्ठरपन, सुस्ती, काहिली।

sluice १. n. जलद्वार, जलमार्ग, जलकपाट, नहप, बाँधका दरवाजा, जलको रोकने या निकालनेका फाटक; बाँधका पानी, बाँधके द्वारपर या नीचे या उसमेंसे निकलनेवाला पानी; जलप्रवाह, परिवाह; (~*-way* भी) जलमार्ग, कृत्रिम जलप्रणाली, बनावटी नहर; सफाई, धुलाई; २. v.t. & i. (पानीका) बाँधके द्वारोंसे वेगपूर्वक बाहर आना, जोरसे बाहर निकलना; बाँध खोलकर पानी भरना; बाँधमें दरवाजा लगाना; पानीसे खँगारना; (किसी वस्तुपर) खुले ढंगसे पानी ढालना या फेंकना, खूब पानी डालकर धोना।

sluicy a. धाराद्वारके सदृश, बाँधके दरवाजेकी तरह; धाराद्वारसे निकल बहनेवाला; शोषक, सोख लेनेवाला।

sluit n. (दक्षिणी अफ्रीका) तंग नहर।

slum[1] १. n. मलिन वसति, कलंक वसति, दरिद्र मुहल्ला, नगरकी गन्दी गली, मैला-कुचैला स्थान, गन्दा मुहल्ला, गन्दी बस्ती, गन्दा कूचा; २. v. i. गन्दी गलियोंमें जाकर वहाँके निवासियोंकी अवस्था जाँचना या पड़ताल करना।

slum[2] n. तैल-पंक, घटिया रद्दी तेलका अचिक्कण अंश, चिकनाईसे खाली तेल; चिकने तेलका बचा-खुचा गोंद-जैसा भाग।

slumber १. n. शयनावस्था, निद्रा, तन्द्रा, नींद, ऊँघ, झपकी (*fell into a troubled* ~); २. v.t. & i, सोना, ऊँघना, झपकी लेना।

slumberer n. सोनेवाला, नींद लेनेवाला, निद्रालु व्यक्ति; आलसी आदमी।

slumberous a. निद्रालु, निद्राजनक, तन्द्रापूर्ण, उनींदा, निन्दासा।

slumbersome a. = SLUMBEROUS.

slumbery a. = SLUMBEROUS.

slumbrous a. दे० SLUMBEROUS.

slummer n. गरीबोंकी गन्दी बस्तीका अधीक्षक, गरीब गलियोंमें जाकर सेवा करनेवाला।

slummock v. i. (बोल०) भकोसना, भुक्खड़की तरह निगलना; अशिष्टतया बोलना, असभ्यतासे बोलना, गँवारपनसे बोलना, उजड्डपनसे चलना या बात करना।

slummocky a. उपेक्षी, अनवहित, लापरवाह; मन्द, अलस, आलस्ययुक्त; फूहड़।

slummy a. मलिनवसतिमय, कलंकवसतियुक्त, दरिद्र मुहल्लोंवाला; मलिन झोपड़ियोंसे भरा हुआ, गन्दी झोपड़ियोंवाला।

slump १. n. अवपात, मन्दता, मूल्यह्रास, आकस्मिक ह्रास, मन्दी, गिरावट, घटती, उतार; अवसाद; २. v.i. भाव उतरना, एकाएक भाव गिर जाना, दाम घटना; पूर्णतः असफल होना, बिल्कुल न चलना; धँसना।

slung SLING का भू० कृ०।

slunk SLINK का भू० कृ०।

slur १. n. अपकीर्ति, दूषण, दोष, दोषारोपण, निन्दा, कलंक, लांछन, कालिमा, धब्बा, खोट, दाग, बदनामी, ऐब, इल्जाम (*he put a* ~ *upon me*); छल, कापट्य, दगाबाजी; (हस्तलेखन, उच्चारण या गायनमें अक्षरों, ध्वनियों या स्वरोंका), अस्पष्ट मिश्रणका विकार; (संगीत) एक साथ गीत स्वरोंके ऊपर लगाया हुआ वक्रचिह्न (⌒); मींड़चिह्न, गिटकरीका निशान; २. v.t. & i. (प्रा०) दूषित करना, दोषारोपण करना, कलंकित करना, अपराध लगाना, लांछन लगाना, मलिन या मैला करना, पाप लगाना, दागदार करना, इलजाम लगाना; बिगाड़ना, किसीके विरुद्ध फुसलाना, बहकाना; (अपराध, तथ्य आदिको) दृष्टिसे निकल जाने देना, योंही चले जाने देना, कम करना, घटाना, जाने देना, टाल जाना, छिपाना, टालना; मिले-जुले अस्पष्ट अक्षर लिखना या मिश्रित ध्वनियाँ बोलना, अक्षरों या ध्वनियोंको अस्पष्ट रूपसे मिलाकर उच्चारण करना या लिखना; (संगीत) अबाध रूपसे एक लयमें गाना, मींड़ या मूर्छनामें गाना, एक बोलसे जाना; संगीत स्वरोंपर वक्रचिह्न लगाना, गटकरी या मरगोल करना; ~(*at*) ⊙, ~ *on* लांछित करना।

slurred ⊙ a. कलंकित, चिह्नांकित, लांछित।

slurry[1] n. गारा।

slurry[2] v.t. आलिप्त करना, लिप्त करना, लपेटना, लिपटाना, सानना; मलिन करना, गन्दा करना।

slush n. पंक, तरल कर्दम, गलित बरफ, पतला कीचड़, दलदल, गलता हुआ हिम; (ला०) मूर्खतापूर्ण भावुकता, उलटी-सीधी लिखाई, व्यर्थकी बातें।

slushy a. पंकिल, कीचड़दार, दलदली; भावुकतापूर्ण, उलटा-सीधा।

slut n. पुंश्चली, अस्वच्छ या मैली-कुचैली स्त्री, गन्दी औरत, फूहड़ स्त्री, बदतमीज औरत; (हास्य०) लड़की।

slutch n. कर्दम, कीचड़, दलदल।

sluttery n. असभ्यता, गन्दापन, फूहड़पन, बेसलीक़ापन।

sluttish a. मलिन, भ्रष्ट, गन्दी या मैली-कुचैली-सी, फूहड़-सी (~ *woman*)।

sluttishness n. अव्यवस्था, गन्दापन, फूहड़पन, गन्दगी।

sly a. (*-er, -est*) अप्रकट, गुप्त, गूढ़, दृष्टिचोर, छिपाकर काम करनेवाला, छिपे-छिपे, नजरचोर; छद्मी, छाद्मिक, शठ, धूर्त, कपटी, चतुर, चालाक, सयाना, मक्कार, चलता हुआ, काइयाँ, धूर्तताका, मक्कारीका, फरेबी, अय्यार; व्यंग्यपूर्ण, उपालम्भपूर्ण, ठट्ठा करनेवाला, दिल्लगी करनेवाला, फुसलानेवाला, उकसानेवाला, मसखरेपनका, शरारतका; ~boots (खेलमें) मक्कार आदमी; ~ dog चुपचाप आनन्द लूटनेवाला, छिपा रुस्तम; *on the* ~ बिना प्रचार या विज्ञापनके, गुप्त रूपसे, चुपचाप, छुपकर।

slyness n. धूर्तता, छद्म, छल, कपटता, चालाकी, मक्कारी, ऐयारी, शरारत।

slype n. वह मार्ग जो बड़े गिरजेके भीतरसे सभागृह

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

या पादरीके घरतक जाता है।

smack[1] n. स्वाद, आस्वादन, रस, वास, गन्ध, स्वाद-मिश्रित गन्ध, लज्जत; किसी खाद्य पदार्थकी अल्प मात्रा, गुणका आभास, चरित्रकी झलक, किसी विशेषताकी हलकी-सी झलक, सार, पुट, हलका-सा रग, चटाका, गरम मसाला, बघार, छौंक, हल्की-सी मिलावट (*has a ~ of ginger in it*); २. v. i. (क्व०) अप्रत्याशित या गौण या हल्की सी विचित्र रुचि रखना; स्वाद गन्ध या आभास देना, हल्का सा स्वाद लेना, पुट रहना, प्रभाव रहना, हल्का-सा रंग होना (*his manner ~ed of superciliousness*); चटकारना, थपथप करना; *have a ~ at* यत्न करना, चेष्टा करना समारम्भ करना।

smack[2] १.n. सशब्द चुम्बन, चटखारेके साथ चूमा(*gave her a hearty ~*); होठोंको एकाएक खोलनेकी ध्वनि; धरातलपर हथेली पटकनेकी आवाज, चटखारा, चटाक; थपक, घोड़ेकी तड़ाक-सड़ाक; चाँटा, चपत, थप्पड़, तमाचा; क्रिकेटमें जोरका हाथ, जोरकी हिट; २. v.t. & i. शब्द करते हुए उत्सुकतामें होठ खोलना, भोजनकी खुशी या किसी दूसरे आनन्दमें जोरसे होंठ चटखारना: कोड़ा या चाबुक फटकारना; गालपर चपत जमाना, मुँहपर थप्पड़ मारना; ३. adv. उग्रतासे, सीधे-सीधे, ठीक-ठाक, ठीक तौरपर, चट्टसे, धड़से, पटसे, चटाखसे (*went ~ through windows, into ditch*)।

smack[3] n. मछली मारनेकी एक मस्तूली नौका; ~sman एक मस्तूली नौका चलानेवाला मल्लाह।

smacker n. (ग्रा०) सशब्द चुम्बन, चटाकसे चूमा; सशब्द आघात, आवाज करती हुई चोट; किसी वस्तुका विशिष्ट या बड़ा नमूना, बड़ी बानगी; डॉलर ⊙।

small* १. n. (pl. बोल०) धोबी-घरके छोटे कपड़े; (pl. ऑक्सफोर्डमें) ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालयकी स्नातक-परीक्षा-का प्रथम खण्ड; किसी वस्तुका सबसे पतला भाग; लघ्वक्षर, छोटे वर्ण; अल्पभार; २. a. किंचित्, अल्प, रंचमात्र, थोड़ा, बहुत नहीं (*there was no ~ excitement about it*); सामान्य, ह्रस्व, तुच्छ, शक्ति या सत्ता या संख्यामें क्षुद्र, लघु*, लघुरूप, नन्हा, छोटा*, हलका, कम, थोड़ा, दुर्बल, निर्बल, कमजोर, हीन इकाइयों-वाला, कम हैसियतका (*~ scale, voice*); नैतिक रूपसे हीन, नीच, क्षुद्र, अनुदार, कुत्सित, तुच्छ, बुरा, कमीना, घटिया (*his ~ spiteful nature*); अमहत्त्वपूर्ण, अनावश्यक, मामूली (*is great in ~ matters*); सामाजिक रूपसे अविख्यात, विनम्र, विनीत, विनयी, छोटा, अस्पष्ट, धुँधला, निर्धन, गरीब, बेनाम (*have experimented with radium in a ~ way*); ~ beer मन्द यविरा, हलकी यविरा, हलकी बियर; ~ capitals लघु दीर्घाक्षर (जो कि सामान्य दीर्घाक्षरोंसे कम ऊँचाईका होता है); ~ cause court लघुवाद-न्यायालय; ~ charge हलके आक्षेप, टिप्पणियाँ; ताँबे और चाँदीके सिक्के; ~-clothes (ग्रा०) जाँघिया, घुटन्ना, नेकर; ~ craft नौकाएँ, नावें; ~ gross = १० दर्जन; ~ hand साधारण लिखावट; ~ hours आधी रातके बादका समय; ~ letters लघु अक्षर, छोटे वर्ण; ~ pica टाइपका छोटा अक्षर, छोटा पाइका; ~pox मसूरी, चेचक, माता, शीतला, वसन्तरोग; ~ sword करौली, खंजर, छुरा; ~ talk थोथी वार्ता, बकवास, साधारण बातचीत; *& ~ blame to him, & ~ wonder* हाल हीमें वर्णित आचरणपर टीका-टिप्पणी; *has ~ Latin* लैटिन कुछ नहीं समझता; *lives in a ~ way* अकृत्रिम रूपसे, मामूली ढंगसे रहता है; *look, feel, ~* हीन होना, लज्जित होना; *~ of the back* कमरका पिछला भाग; *think no ~ beer of* one*self* (ग्रा०) आत्मश्लाघी होना, आत्माभिमानी होना, आत्मप्रशंसा करना;

~-ankled, ~ aperture, ~-arched, ~-armed, ~ arms, ~ arm sling, ~-billed, ~ bindweed, ~ brackets, ~ calorie, ~-celled, ~ circle, ~ cog wheels, ~ coins, ~ crane's-bill, ~-crowned, ~ cuckoo, ~ damages, ~ debt, ~ end, ~ end bearing, ~-flowered, ~ game ~ hawk-cuckoo, ~-hearted, ~ holdings, ~ intestine, ~ ivy, ~-leaved lime tree, ~ line, ~ long-tongued fruit-bat, ~-minded, ~-mouthed, ~ multangular bone, ~ olive bulbul, ~ physic nut, ~ pole, ~ post octavo, ~ sand-martin, ~ savers, ~ savings scheme, ~ shop keeper, ~size, ~ sperm-whale, ~ sunbird, ~ wares, ~ waterdock, ~ whitethroat, ~ wood.

smallage n. अजमोदा, जगली चौराई।

smallish a. लघु-सा, छोटा-सा, हलका सा।

small-minded a. संकीर्ण हृदयका, क्षुद्रबुद्धि, ओछा, छोटे दिलका।

smallness n. अल्पता, लघुता, छोटापन, हलकापन, ओछापन, तगी, कमी, छोटाई।

smalm v.t. आलिप्त करना, लिप्त करना, लपेटना, लिपटाना, सानना; चाटूक्ति करना, चाटुकारी करना, चापलूसी करना।

smalmy a. लागी, संलागी, लसदार, चिपचिपा; चाटूक्ति पर, चाटुकार, चापलूस, खुशामदी।

smalt n. सैसकेजा, कोबाल्ट धातुका नीला शीशा; उन्नीलारक्त, कोबाल्टको बारीक पीसकर बनाया हुआ नीला रंग।

smaragd n. = EMERALD.

smarm v.t. & i. मलना, पोतना, लेपना, पलस्तर करना, लथेड़ना, भद्दी तरहसे चित्रित करना; चिकना बनाना, चमकीला बनाना; प्यारसे लुरियाना; चिकना होना, चिकना-चुपड़ा होना; SMALM.

smarmy a. (बोल०) चाटुकार कृपापात्र, चिकने-चुपड़े ढंगसे कृपा पानेवाले; घृणार्ह, घृणित, हेय।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

smart[1] १. n. यन्त्रणा, ज्वाला, मर्मवेदना, शारीरिक या मानसिक तीव्र वेदना, कष्ट, पीड़ा, व्यथा, दुःख, शूल, चुनचुनाहट, कसक, चुनन, टीस, दर्द, तकलीफ; २. v. i. (किसी व्यक्तिका उसके अंग या घावका, या ला० फेंके हुए अस्त्र या अपमानसे) तीव्र वेदनाका अनुभव करना, कष्ट पाना, पीड़ा पहुँचना, हृदयमें चुभना, कसकना, जलन होना, टीस उठना, दुखना, दर्द करना, बुरा लगना (*my finger ~s*); ~-money क्षतिपूर्ति या दण्डस्वरूप दिया हुआ धन, हरजाना, मुआवजा; ~ *for* दण्ड पाना, भुगतना, मजा चखना, सजा पाना।

smart[2] a. तीक्ष्ण, तीव्र, उग्र, बलपूर्ण, सप्राण, सजीव, स्फूर्त, मार्मिक, तीखा, तैयार, जोरदार, चुभनेवाला, नुकीला (*gave him a ~ rap over the knuckles*); व्यापारकुशल, व्यवसायपटु, चुस्त, लाभ उठानेमें होशियार, कुशाग्रबुद्धि, तीक्ष्णमति, विदग्ध, चतुर, चालाक, व्युत्पन्नमति, तत्पर, तैयार, होशियार, सौदा करनेमें चण्ट, चलता हुआ, काइयाँ; अनैतिक रूपसे चतुर, धूर्त, स्वार्थी, चालाक (*a ~ talker*); प्रसन्नचित्त, बाह्यतः उज्ज्वल, उजला-उजला, चमकीला, सुवेश, बढ़िया वस्त्रोंमें, अच्छे कपड़ोंमें, सजा हुआ, ठाटबाटवाला, पूर्ण अवस्थामें या मरम्मत किया हुआ, भड़कीला, बना-ठना, बाँका, छैला, चुस्त, फुर्तीला (घोड़ा); रंगीन, रंगदार, रंगीला, चमकीले रंग या नये रंगवाला (*~ clothes*); समाजमें प्रमुख, विख्यात, सुप्रतिष्ठित, ऊँचे दर्जेका, दिखावटी फैशनमें अगुआ, रईसाना, शौकीन (*the ~ set*); ~ (aleck ⊙) घमण्डी पुरुष; ~ alec(k) ⊙ होनहार चतुर व्यक्ति।

smarten v.t. तीक्ष्ण या तेज बनाना; होशियार करना, चण्ट बनाना, फुर्तीला बनाना।

smartish a. ईषत्तीक्ष्ण, ईषत्तीव्र, ईषदुग्र, सप्राण-सा, सजीव-सा, स्फूर्त-सा, जीवटवाला, तीखा-सा, तेज-सा, फुर्तीला-सा; ईषद्विदग्ध, कुछ चण्ट, होशियार-सा।

smartness n. व्यवसायपटुता, तीव्रबुद्धिमत्ता, धूर्तता, चतुरता, चालाकी, होशियारी, चलतापन, बाँकपन, चण्टई; सप्राणता, सजीवता, तीक्ष्णता, मार्मिकता, तीव्रता, स्फूर्ति, फुर्ती, तेजी, चुस्ती; शोभा, सुथरापन, साजसज्जा, ठाट-बाट, भड़कीलापन।

smarty n. भावी फुर्तीला व्यक्ति, होनहार आदमी।

smash* १. n. विनाश, ध्वंस, प्रमाथ, घोर पतन, आपदा, संकट, दुर्घटना, टक्कर, भिड़न्त, बर्बादी, तबाही; टेनिसमे जोरका हाथ; घूँसे आदिका जोरका प्रहार, धक्का, मुक्केकी मार; निर्दलन, चूर्णन, भजन, खण्ड-खण्ड करना, टुकड़े-टुकड़े होना, तोड़-फोड़*; वाणिज्य-व्यवसाय-सम्बन्धी असफलता, दिवालियापन, चौपट, तबाही; शराब और सुगन्धित जलमिश्रित पेय, शर्बत; २. v.t. & i. (सवारी आदिका) भिड़न्त होना, टक्कर मारना, टक्कर खाना, टकराना, लड़ जाना, भिड़ जाना; शत्रुको पूरी तरह हरा देना, तितर-बितर करना और उखाड़ देना; भयंकर आघात पहुँचाना, प्रहार करना, जोरकी चोट लगाना; बलपूर्वक चूर्ण करना, भंजन करना, अकस्मात् टुकड़े कर डालना, चूर-चूर या टुकड़े-टुकड़े करना, तोड़-फोड़ डालना, नष्ट करना; बड़े जोरसे (टेनिसकी गेंदको) नीचे करके जालके ऊपर मारना; (व्यापारिक फर्म या कोठीकी) अवस्था गिर जाना, बिगड़ जाना, बैठ जाना, दिवाला निकल जाना, बर्बाद होना; (ग्रा०) खोटा या जाली सिक्का चलाना; ~-up पूर्ण ध्वंस, पूर्ण खण्डन, पूरी तबाही; *go to ~* नष्ट होना, ध्वस्त होना, असंगठित होना, नष्टभ्रष्ट हो जाना, बिगड़ जाना, बर्बाद हो जाना, मिट जाना, चौपट हो जाना।

smasher n. नाशक, ध्वंसकर्त्ता, खण्डखण्डकारी, तहस-नहस करनेवाला, मिटानेवाला आदि क्रियागत अर्थोंमें।

smatter v. i. साधारण जानकारीकी बातें करना।

smatterer n. अल्पज्ञानी, कठज्ञानी, पल्लवग्राही, साधारण जानकार, नीमहकीम।

smattering n. पल्लवग्राहिता, किसी भाषा-विषयका अल्पज्ञान, ऊपरी जानकारी, छिछली जानकारी, कठज्ञान।

smear १. n. आलेप, (किसी चिकने पदार्थके लेपनके द्वारा बना) धब्बा, कलंक, दाग; २. v.t. लेपन करना, चिह्न बनाना, मलिन करना, धब्बा लगाना, लेपना, मलना, लगाना, पोतन, चुपड़ना, दाग लगाना (किसी चिकने पदार्थका); (लेखन, ड्राइंगकी) धुँधली रूपरेखा बनाना, अस्पष्ट बनाना, कलंकित करना, धुँधला करना, धब्बे लगाना; कुख्याति करना, बिगाड़ना, गन्दा करना, मैला करना, बदनाम करना, दाग लगाना।

smeariness n. कलंकपूर्णता, कलंकमयता, धबीलापन, धब्बेदार होना, गन्दलापन।

smearing n. लेप, लेपन, अंजन आदि मलना या पोतना।

smeary a. कलंकी, धबीला, धब्बेदार, चिपकनेवाला, लसलसा, दगीला, गन्दला।

smectite n. चिकनाहटको खा जानेवाली मिट्टी।

smeech, smitch nn. (बोल०) जलाँध, सुलगाँध, जलनेकी गन्ध।

smell* १. n. गन्ध, वास, महक, बू (*has no ~*); घ्राण-क्रिया, गन्ध-ग्रहण, सूँघना*, सूँघनेकी क्रिया (*take a ~ at it*); घ्राणेन्द्रिय, घ्राणशक्ति, गन्धग्रहणशक्ति, सूँघनेकी शक्ति (*~ is less acute in man than in most animals*); २. v.t. & i. गन्धका अनुभव करना, नासिका द्वारा अनुभव करना, गन्ध लेना, सूँघकर टोह लेना, खोज करना (*~t it* or *at it to see if it was high*); आघ्राण लेना, गन्ध लेना, बास लेना, सूँघना (*am sure I ~ gas*); विशिष्ट प्रकारकी सुगन्ध निकलना, सुगन्ध देना, गन्ध निकलना, वास छूटना, बू देना (*flowers that do not ~*); दुर्गन्ध देना, गन्धित होना, गन्धाना, सड़ना, बदबू आने लगना, बदबू देना, बूसे मालूम पड़ना (*milk ~s sour*); घ्राणशक्ति होना, गन्धज्ञान होना, गन्धशक्ति होना, बू पाना (*can, do, fishes ~ ?*); (कुत्तेका) खोज लगानेके लिए इधर-उधर सूँघना, सूँघकर शिकार करना; (कुत्तेके) सूँघनेकी टोहके द्वारा (रहस्य, षड्यन्त्रकारीका) भेद जानना, भेद मालूम करना, पता लगाना, सूँघ लेना, खोज लेना, जान जाना, ताड़ना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

भाँपना; ~ *a rat* (ला०) धोखेकी शंका करना; ~ *of the lamp* (पुस्तक आदिसे) प्रकट होना कि रातमें बड़े परिश्रमसे लिखी गयी है; दियेकी गन्ध आना।

smellable a. सुगन्धित, सूँघने योग्य, महकनेवाला, खुशबूदार।

smelled ⊙, **smelt** SMELL का भू० कृ०।

smeller n. सूँघनेवाला, महकनेवाला आदि क्रियागत अर्थोंमें; (ग्रा०) नासिका, नाक।

smelling १. n. गन्ध, वास; २. a. गन्धयुक्त, वासयुक्त, खुशबूदार; ~-bottle लखलखे या सुँघनीकी शीशी।

smellless a. गन्धरहित, गन्धहीन, बेबू।

smelly a. गन्धपूर्ण, गन्धयुक्त, बूदार।

smelt[1] n. गन्धा, सामनकी जातिकी स्वादिष्ठ खाद्य मछली।

smelt[2] v.t. प्रद्रावण करना, गलाकर शुद्ध करना, खनिज धातु गलाकर शोधना, कच्ची धातुको पिघलाकर साफ करना, गलाकर धातु निकालना, पिघलाना, गलाना।

smelter n. लोहद्रावक, प्रद्रावक; प्रद्रावणशाला, (धातुको पिघलानेकी) भट्ठी।

smeltery n. प्रद्रावणी, प्रद्रावणशाला, (धातुको पिघलानेकी) भट्ठी।

smew n. श्वेत कारण्डव, मछलियोंको पकड़कर खानेवाली बतख, मछलीमार बतख।

smicker v. i. कृत्रिम हास्य करना, मूर्खतापूर्ण हँसी करना, मूर्खोंकी भाँति मुसकाना, बनावटी हँसी हँसना, दाँत निकालना, दाँत काढ़ना, खीस निपोरना।

smiddy n. लोहारी, लोहारका काम; लोहशाला, लोहारका कारखाना, भट्ठी, दे० SMITHY.

smilax n. चीनमूल, पणपीवरी, सजावटके काम आनेवाली एक प्रकारकी अंगूरी बेल।

smile* १. n. स्मित, मन्दहास, मुस्कान, मुस्कराहट, हँसना; प्रफुल्लाकृति, उत्फुल्ल रूप; २. v.t. & i. मुसकराना*, मुस्काना, मुस्कुराते हुए देखना, हँसना* (~ *sweetly*); मुस्कानके द्वारा प्रकट करना, मुसकराकर व्यक्त करना (~ *welcome*); विशेष प्रकारकी हँसी हँसना (~*d an ironical, a curious* ~); हँसी उड़ाना, प्रफुल्ल होना, प्रसन्नचित्त होना, आनन्दित होना, प्रसन्न लगना, उज्ज्वल प्रतीत होना, चमचमाना, चमकना (*fortune, occasion,* ~*s on us*); मुसका करके (व्यक्तिका मनस्ताप) दूर करना, हँस करके किसी व्यक्तिको प्रसन्न करना, हँसी करके चिढ़ाना, चिन्ता मिटा देना, मजाकसे राजी करना या नाराज करना; ~ *at* मजाक उड़ाना।

smileless a. स्मितहीन, मुस्कानरहित, बिना मुस्कानके।

smiling a. स्मित, प्रसन्न, प्रफुल्ल, मुस्कराता; *come up* ~ नयी कठिनाईका सामना करना, नयी मुसीबतके सामने आना (मुक्केबाजके सम्बन्धमें जो फिरसे मुक्केबाजी शुरू करे)।

smilingness n. स्मिति, स्मितिपूर्णता, हास्यमयता, मुस्कान, मुस्कराहट; प्रफुल्लता।

smirch १. n. (शा० एवं ला०) अपयश, कलंक, धब्बा, बदनामी, दाग; २. v.t. दूषित करना, कलंकित करना, मलिन करना, मैला करना, धब्बा या दाग लगाना, चिकने धब्बे लगाना, गन्दा करना, भद्दा करना, बदनाम करना (*a* ~*ed reputation*)।

smirk १. n. विलक्ष हास, विकृत स्मित, कृत्रिम मुस्कान, मूर्खतापूर्ण या बनावटी हँसी; २. v.t. कृत्रिम हास्य करना, मूर्खतापूर्ण हँसी हँसना, मूर्खोंकी भाँति मुस्काना, बनावटी हँसी हँसना, दाँत निकालना, दाँत काढ़ना, ठिलठिलाना, खीसें निपोरना; ३. a. स्फूर्त, चुस्त, फुर्तीला; उत्फुल्ल, प्रसन्न।

smit n. (भेड़ोंपर मालिकका) अंक, चिह्न, निशान, छाप।

smite १. n. (बोल०) आघात, प्रहार, वार, चोट, हाथ; २. v.t. & i. दण्ड देना, सजा देना (*God shall* ~ *thee*); प्रहार करना, आघात या वार करना, मारना, पीटना, ठोंकना, चोट करना (*whosoever shall* ~ *thee on thy right cheek*); भारी पराजय देना, बुरी तरह हराना; जलाना, फूँकना; (रोग या इच्छा या आकर्षणसे) प्रभावित होना या पीड़ित होना, प्रेरित होना, आबद्ध होना, मोहित होना, बँधना या खिंच जाना (~*ten with a desire to*); लग जाना; अकस्मात् ही आ टपकना, जोरसे अथवा एकाएक आकर टकराना, पड़ना, लगना, (*sound* ~*s upon the ear*); ~ *them hip and thigh* पूरी तरह पराजित करना, हाथ-पैर तोड़ देना।

smiter n. आघातक, हन्ता, प्रहारकर्त्ता, मारनेवाला, चोट करनेवाला।

smith n. शिल्पी, कारीगर; लुहार, लोहे आदि धातुका काम करनेवाला; gold ~ स्वर्णकार; iron ~ लुहार।

smithereens, smithers nn. (pl.) खण्ड-खण्ड, छोटे-छोटे टुकड़े (*smash into* ~)।

smithery n. लुहार आदि धातुकर्मीका काम, लुहारी; लुहारकी दुकान या भट्ठी।

smithing n. लौहकर्म, लौहकार्य, लोहारी।

smithy n. शिल्पशाला, कर्मशाला; लोहशाला, लुहारका कारखाना, भट्ठी; लोहारी।

smitten a. अभिभूत, प्रभावित, वशीकृत, लीन; आबद्ध, आहत।

smock १. n. बच्चोंका पहनावा, लिबास; स्त्रियोंका अन्तर्वसन, जनाना कमीज, कुरती; शाटक, अधोवसन; २. v.t. चुन्नटोंसे अलंकृत करना, चुन्नटोंसे सजाना; ~-faced स्त्रैण; ~-frock श्रमवासा, खेतमें काम करनेवालोंका चुन्नटदार जामा या ढीला-सा कुर्ता।

smocking n. सुवलन, कपड़ोंपर घनी चुन्नटकी कढ़ाई, कढ़ाई, कसीदा, स्मोकिंग।

smog n. धूम्र, कोहरा।

smokable a. धूम्रपेय, धूम्रपान करने योग्य; धूमायनीय, धूमनिर्गमनीय, धुआँ छोड़ने योग्य।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

smoke[1] n. धूम्र, धूम, धुआँ, धुन्ध (*a cloud of* ~); (ग्रा०) सिगरेट; धूम्रपान, (सिगरेट, सिगार, हुक्के आदिके) कश (*must have a* ~); ~-dried धुएँमें रक्षित, धुएँमें सुखाया हुआ; ~-screen (सेना०,नौवि०) धूमावरण, धूमपट, धुएँका पर्दा या ओट; ~ stack ⊙ धूम्रनाड, स्टीमरका धुँआरा और भाप निकालनेवाले नल, स्मोक स्टैक; *end, go up, in* ~ व्यर्थ जाना, बेकार जाना, अकारथ होना; *from* ~ *into smother* आकाशसे गिरा खजूरमें अटका; *like* ~ सुगमतासे, जल्दीसे, बिना कठिनाई या रुकावटके;

~ ball, ~ box, ~ box door, ~ brown, ~-bush, ~ candle, ~ generator, ~ glasses. ~ grenade, ~ grey, ~ nuisances, ~ shell, ~ tree, ~ tube, ~ tube boiler, ~ yellow.

smoke[2]* v.t. & i. (आग या चिमनीका) धुआँ देना, कमरेमें धुँधाना; धूमायित होना, धूम निर्गत करना, धुआँ छोड़ना या निकालना, धुआँ देना*, धुँआना, भाप निकालना, भाप देना, भफाना, धुआँ उठना, सुलगना; धुआँ करना, धूमन करना; (बीड़ी, हुक्का, अफीम, गाँजा, चुरुट, सिगरेट, सिगार आदि) पीना*, धूम्रपान करना, तमाखू पीना (~*s too much* or *like a chimney*); धूम्रपान करके (या बीड़ी सिगरेट आदि पीकर अपनेको किसी) विशिष्ट अवस्थामें लाना, किसी अवस्थाको प्राप्त करना (*has ~ed himself ill, sick, stupid, into tranquillity*); धुएँके द्वारा (मांसादिको) रक्षित करना, धुआं दिखाना; भोजनका स्वाद बिगाड़ना; धुएँसे काला करना या रँगना, धुँधला करना, धुआँधार करना, धुआँना; धुएँमे दम घुटना, साँस रुकना; कीड़ोंको नष्ट करना या मारना (~ *insects plant*); संशयालु या सन्देहशील होना, सन्देह करना, शकमे पड़ना; इंगित या संकेत मिलना, आभास मिलना, भाँप जाना, समझ जाना, जान जाना, पहचानना, ताड़ना; (ग्रा०) हँसना, हँसी उड़ाना, बनाना, दिल्लगी करना, ठट्ठा करना, मजाक करना।

smokeless a. निर्धूम, अधूमक, धूम्रहीन, धूमरहित, बिना धुएँका।

smokelessness n. निर्धूमता, धूम्रहीनता, धूम्राभाव, धुआँ न होनेकी अवस्था।

smoker n. धुआँधार करनेवाला, धुआँ उड़ानेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); धूम्रपायी, धूमपेवी, धूम्रपानका व्यसनी, बीड़ी-सिगरेटका आदी; धूम-संगीत-सभा (जहाँ धूम्रपानकी आज्ञा हो); रेलगाड़ीमें धूम्रपान या बीड़ी-सिगरेट पीनेका डिब्बा; ~'s heart, throat अत्यधिक धूम्रपानके कारण उत्पन्न हृदयरोग या कण्ठरोग।

smokiness n. धूम्रता, धूमिलता, सधूमता, धूममयता, धुँधलापन, धुआँपन।

smoking n. धूमन, धूम्रपान, तम्बाकू पीना; ~-cap कामदार टोपी या चिलकनी टोपी (जो धूम्रपान करते समय लगायी जाती है); ~-car(-riage) या -compartment धूम्रपानका डिब्बा, रेलगाड़ीमें तमाखू पीनेवालोंका डिब्बा; ~-concert धूम-संगीत-सभा (जिसमें धूम्रपानकी आज्ञा हो); ~-room (भोजनालय या बड़े घरमें) धूम्रपानकक्ष, बीड़ी-सिगरेट पीनेका कमरा; ~-tobacco पीनेकी तमाखू, पीनी तम्बाकू।

smoky a. धूमाच्छादित, धूमावरुद्ध, धूम्र-, धूमिल, धूमल, धूमर, धूमपरिपूर्ण, सधूम, धूमबहुल, धूममय, धुएँदार, धुँधला; धूमसदृश धूमवत्, धूमाकार; धुआँधार, धुएँसे काला, धुआँ देनेवाला (*a* ~ *fire, room*)।

smolder ⊙ = SMOULDER.

smolt n. दूसरे सालकी सामन मछली।

smooth[1] १. n. समतलकारी स्पर्श, बालोंको चिकना करनेवाला हाथ; २. v.t. & i. समतल करना, बराबर करना, समान करना, चौरस करना, सपाट करना, साफ करना, हमवार करना; चिकना करना, नम्र या विनीत होना, शान्त या प्रसन्न होना (*sea presently ~ed down*); नरम करना, घटाना, कम करना, बाधाओं या असुविधासे मुक्त करना, रोड़ा हटाना, रुकावट दूर करना (~ *the way*); दोषोंको ढकना, त्रुटियोंपर पर्दा डालना, गलतियोंपर लीपापोती करना।

smooth[2]* a. मसृण, चिक्कण, स्निग्ध, समतल*, चिकना*, सम, सपाट, चौरस, एक-सा, हमवार (~ *skin*); विनम्र, विनयशील, शिष्ट, नम्र, प्रशान्त, स्थिरचित्त, धीर, शान्त, समचित, ठण्डा; अविक्षुब्ध, निर्विघ्न, निर्बाध, आसान; मैत्रीपूर्ण, मिलनसार, मिलनशील; प्रशंसात्मक, प्रशंसा-सूचक, सम्मानसूचक, अभिनन्दनात्मक, चाटुकारिताप्रिय, खुशामदी (~ *temper*); सुचारु, स्वादु, स्वादिष्ठ, मृदु, मधुर, अकटु, अकर्कश, मीठा, ~-bore सादी बन्दूक (जिसमें सीधी नाल होती है); ~faced चिकने चेहरेवाला; कपटी, झूठा मित्र; ~ things चिकनी-चुपड़ी बातें, अनुचित प्रोत्साहन, चाटुकारिता, खुशामद; ~-tongued मृदु-भाषी, मधुरभाषी, मुँहमीठा, मिठबोला, खुशामदी, चिकनी-चुपड़ी बातें बनानेवाला; ~ water सुख, आराम;

~-bored, ~-browed, ~-cast, ~-cheeked, ~-chinned, ~-coated, ~-combed, ~ elm, ~ material surface, ~ newt, ~ passage, ~ pate, ~ pea, ~ pulley, ~-spoken, ~ surface, ~-walled, ~ working.

smoothe v.t. (क्वचित्) समतल करना, बराबर करना, चिकना करना, चौरस करना, हमवार करना, साफ करना; = SMOOTH.

smoothen v.t. & i. समतल होना या करना, बराबर होना या करना, चिकना करना या होना, चौरस करना या होना, हमवार करना या होना, साफ करना या होना; नम्र करना या होना, चाटुकारी करना।

smoothness n. स्निग्धता, चिकनाहट, चिकनापन, समतलता, बराबरी, हमवारी; मृदुता, मधुरता, मीठापन; शान्ति, अक्षोभ, शान्तभाव, अक्षुब्धता, धैर्य; मिलनसारी, चाटुकारिता, खुशामद।

smote SMITE. का भूतकालिक रूप।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

smother १. n. (प्रा०) जलती राख, भूभल, भुलभुल (*from the smoke into the ~*); (क्व०) धूलके बादल, घना गर्दा, धुआँ, फुहार; धुआँ, अन्धकार, अँधेरा, धुँधलापन; २. v.t. & i. वायुरोध करना, वायुरोध करके मार डालना, श्वासावरोध करना, साँस रोककर या हवा निकालकर वध करना, गला घोंटना, गला घोंटकर मारना, (उपहार, दया, चुम्बनादिसे) अभिभूत करना, नाकमें दम करना, लाद देना; पूर्ण रूपसे ढँक लेना, पूरी तरह छा जाना (*strawberries ~ed in cream*); (क्व०) साँस लेनेमें कठिनाई होना, साँस रुकना, दम घुटना, दम घुटकर मरना; (आगको) राखके ढेरमें दबा देना, (आगको) ठण्डा कर देना; दमन करना, बातको प्रकट न होने देना, दबा रखना, छिपा देना, दबाना, दृष्टिसे बचाना, नजरसे बचाना (*the facts were ~ed up*)।

smothered a. रुद्धश्वास, प्राणरुद्ध।

smothery a. श्वासरोधक, साँस रोकनेवाला, गला या दम घोंटनेवाला।

smouch v. i. & t. चुराना, मार लेना, उड़ा ले जाना, गायब कर देना, तिड़ी कर देना; कपट करना, छल करना, धोखा देना।

smoulder, smolder ⊙ १. n. प्रधूमन, प्रसुप्त दहन, अन्तर्दहन, अन्तर्जलन, धधकन, धधकाव, सुलगाहट (*the ~ will soon be a flame*); २. v.i. भीतर ही भीतर जलना, ढँके रूपमें जलना, निर्ज्वाल जलना, सुलगना, लपटके बिना जलना, धधकना; (भावनाओंका) सक्रिय होना, हृदयमें पोषित किया जाना, भीतर ही भीतर भड़कना, बाहर प्रकट न होकर भीतर ही उमड़ना, छुपाना, मनमें होना या चलना, उभड़ना, भड़कना।

smouldering a. अन्तर्दाही, गूढ़ दाहयुक्त, सुलगनेवाला (*~ discontent*)।

smudge[1], **smutch** १. n. गन्दा निशान, धब्बा, दाग; (ला०) कलंकित रेखा, धब्बेदार लकीर, धुधला चिह्न; २. v.t. & i. (चेहरे, कागज या फर्शपर) गन्दे निशान बनाना, धुँधला करना, भद्दे धब्बे डालना, धूलका धब्बा डालना, मैला करना, गन्दा करना, खराब करना, बिगाड़ना; धुआँ देना; (व्यक्तिके कार्यवृत्त, कीर्ति आदिको) विकृत करना, भ्रष्ट करना, अपमानित करना, दोष लगाना, सचाईपर कलंक लगाना, मान घटाना, पवित्रता कम करना, धब्बा लगाना, बिगाड़ना; (स्याही, ड्राइंग आदिका) धुँधला होना, भद्दा होना।

smudge[2] n. घना धुआँ करनेवाली घरके बाहर कीड़ोंको भगानेके लिए जलायी गयी आग, धुएँवाला ईंधन।

smudged a. = SMUDGY.

smudginess n. कलंकपूर्णता, कलंकमयता, धुँधलापन, धबीलापन, गंदापन।

smudgy a. कलंकित, कलंकपूर्ण, धब्बेदार, धबीला, गन्दा, दागदार; = SMOKY.

smug[1] १. n. (मुख्यतः विश्वविद्यालयका, प्रा०) असमाजी, सत्संगहीन व्यक्ति, असभ्य और समाजके अनुपयुक्त व्यक्ति, एकान्तसेवी, खेलकूद आदिसे घबरानेवाला, घुन्ना, घुरमुमहा; २. a. साधारण स्थितिका, आत्मकेन्द्रित, संकीर्ण बुद्धिका, आत्मतुष्ट और आत्मसेवी (जिसमें महत्त्वाकांक्षा और कल्पनाका अभाव हो), आत्मतृप्त, अपनेमें मस्त; छैला, बनाठना, मनमौजी।

smug[2] v.t. समपहरण करना, जप्त करना।

smuggle v.t. छिपाकर गुप्त रूपसे ले जाना, उड़ा देना, गायब करना; करापहरण करना, गैर-कानूनी तौरपर (सामानका) आयात या निर्यात करना, घाट मारना, चुंगी मारना, छिपाकर माल मँगाना या निकासी करना।

smuggler n. करापहारी, चौर्यपणिता, चुंगीचोर, चौकीमार, बिना महसूल दिये मालको इधर-उधर भेजनेवाला।

smuggling n. चौर्यानयन, चौर्यपणन, चुंगीचोरी, कानून विरुद्ध मालका आयात-निर्यात।

smugness n. सत्संगहीनता, असामाजिकता, आत्मसन्तोषीपन, घुन्नापन, घुरमुमहापन।

smut १. n. दुर्वचन, भ्रष्ट शब्द, अश्लील बातें, गन्दी कहानियाँ; मसी, कालिमा, काला चिह्न, जालेका टुकड़ा, कालिखका धब्बा, धुएँका धब्बा, कलूँस, करौंछ; कालिका, काला रोग, अनाजका करखा रोग; २. v.t. & i. कालिख लगाना, काले धब्बे बनाना, दाग लगाना या लगना, काला करना; अनाजमें काला रोग लगना या फैलना।

smutch (प्रा०) = SMUDGE.

smuttiness n. कालिख, जाला, करखा, काजल-जैसा धुएँका धब्बा; अश्लीलता।

smutty a. मलीन, कालिख-भरा, काले धब्बेवाला; कालिका-रोग-ग्रस्त, करखा-लगा; अश्लील, दुरुक्त, गन्दा।

snack n. अंश, भाग; अल्प भोजन, साधारण कलेवा, हल्का नाश्ता; *go ~s* खानेमें सम्मिलित होना, बाँट लेना।

snaffle[1] n. बल्गा, इकहरी लगाम (जिसमें बिना जंजीरका दहाना हो); *ride* one *on the ~* (ला०) नम्रतासे वशमें करना, नरमीसे व्यवहार करना।

snaffle[2] v.t. लगाम लगाना; (प्रा०) अधिकार करना, मार लेना, उड़ा लेना, चुराना, कब्जा करना।

snaffled a. इकहरी लगामवाला।

snag १. n. ग्रन्थि, गाँठ; ठूँठ, ठुंठ, ठुंठ, ठुण्ड, पेड़का कटा हुआ तना; नोकदार बाहरको निकली हुई वस्तु; समुद्र या नदीके तलमें खड़ा हुआ लकड़ाका बड़ा बेढंगा कुन्दा या टोर, बड़ा भारी चट्टान; (ला०) आकस्मिक व्यवधान, अप्रत्याशित बाधा, उलझन, फन्दा, रोड़ा, रुकावट; सिटकनी; २. v.t. (जहाजका) पानीके नीचेके कुन्दे या चट्टानसे टकराना, किसी टोरसे भिड़ना; (भूमि, जलमार्ग, पेड़के तनेसे) लकड़ीके कुन्दे या टोर हटाना, ठुंठ काटना, ठूँठ काटना।

snagged, snaggy aa. कुन्देवाला, टोरवाला, ठुंठदार, ठूठवाला; गठीला, गाँठदार।

snail १. n. (गुण०) मन्थर (*~ pace*); अलस व्यक्ति; शम्बूक, घोंघा; (*~-wheel* भी) घोंघेसे मिलती-जुलती

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

दीवालघड़ीकी घण्टे नियमित करनेवाली चक्री या चरखी; (*~-clover, ~-trefoil* भी) घोंघे-जैसी कलियोंवाले पौधेकी जातियाँ; २. v.t. & i. बागको घोंघोंसे रिक्त करना, वहाँसे घोंघे निकाल फेंकना, घोंघे मारना।

snailery n. घोंघे पकड़नेका व्यवसाय।

snaillike a. शम्बूकसदृश, घोंघे-जैसा, मन्थर।

snake* n. भुजंग, भुजग, भुजंगम, उरग, व्याल, नाग, विषधर, सर्प, साँप*; कपटी निर्दयी व्यक्ति, कृतघ्न जन, धोखेबाज आदमी; ~-charmer सँपेरा; ~ gourd चिचिंडा; ~-fence सँपीली बाड़, लहरदार जँगला; ~shead बिच्छू बूटी; ~'s poison-food कट्वामधु; *~ in the grass* गुप्त रहस्य, प्रच्छन्न संकट, अप्रकट बात; गुप्त शत्रु, छिपा हुआ दुश्मन; *warm, cherish,* etc. *a ~ in* one's *bosom* आस्तीनका साँप पालना, कृतघ्नतासे पाला पड़ना, नेकीके बदले बदी मिलना;

~-berry, ~-bird, ~ bite, ~ wood.

snakiness n. सर्पबहुलता; सर्पसादृश्य, निर्दयता, दुष्टता, कृतघ्नता, कपटीपन, धोखेबाजी, दगाबाजी, मक्कारी।

snakish a. =SNAKY.

snaky a. सर्पबहुल, सर्पमय, साँपोंसे भरा हुआ; सर्पवत्, सर्पसदृश, विषैला, ईर्ष्यापूर्ण, कपटी, अकरुण, निर्दय, विश्वासघाती, शठ, धूर्त, कृतघ्न, धोखेबाज, मक्कार; जटिल, सर्पिल, चक्करदार, पेचीदा; *~ hair* सर्पजूड़ा, साँपके (से) बाल।

snap १. n. एक प्रकारका ताशका खेल; कंगन आदिका खटका; एक प्रकारका छोटा खस्ता केक; स्फोटन, दंश, कड़क, धायँ, धड़ाका, चटाक, तड़ाक, खट, फट (*~ went an oar*); (*cold ~* के अर्थमें) पाला, पालेका आक्रमण, एकाएक पाला पड़ना; (गुण०) आकस्मिक, एकाएक, विस्मित, अचम्भित, चकराया हुआ, भौंचक्का (*a ~ division*); अभिनेताके रूपमें अल्पकालिक कार्य, एक्टरकी थोड़े दिनकी नौकरी; सुगम कार्य, सरल कार्य, आसान काम ⊙; पुरस्कार, अधिक लाभ, ऊपरी आमदनी ⊙; शैलीकी सप्राणता, सजीवता, स्फूर्ति, रोचकता, जोश, ताजगी, फुर्ती, तेजी, जिन्दादिली; २. v.t. & i. तुरत-फुरतमें या अनिच्छामें ही फोटो ले लेना; चटसे चित्र उतार लेना, बेखबरीमें फोटो लेना; तड़से टूट जाना, चटाखसे टूटना या तोड़ना, कड़कना, तड़कना, चटकना, चटकाना (*~ the string*); धड़ाका करना, धायँसे करना, फटकारना, दनसे दागना, सड़काना (*~ pistol, whip*); धड़से बन्द होना, फटसे या फटाकसे बन्द होना, धड़, तड़ या खटाककी आवाजके साथ बन्द करना (*~ the clasp together*); अचानक चबा खाना, मुँह भर लेना, आवाजके साथ एकाएक जोरसे काटना, चींथना (*dog ~ped viciously*); (ला०) कुत्सित बातें कहना, द्वेषपूर्ण बातें बोल देना, बुरी-भली बातें कहना; काट डालना, काट फेंकना, उड़ा देना; (छोटे टुकड़ेको) जल्दीसे उठा लेना, झटसे पकड़ लेना, चुनना; (ला०) चटपट सौदा करना; (सम्भाषणकर्त्ताको) अपना भाषण पूर्ण करनेके पहिले ही उठा देना, बीचमें ही रोक देना; (क्रिकेटमें) फुर्तीके साथ विकेटके पास ही (बल्लेबाजकी) गेंदको गुपकना या लोकना; ~dragon नासापुष्प, एक प्रकारका पौधा; बड़े दिनका एक खेल; किशमिश चुननेका खेल; ~shot n. (~ के अर्थमें) तात्कालिक लक्ष्यवेध, चटपट चलायी हुई गोली; क्षणचित्र, क्षणचित्रण, झट्चित्रण, एक निमिषमें गृहीत आलोकचित्र, हाथकैमरासे लिया हुआ तात्कालिक चित्र, स्नैप-शाट; २. v.t. क्षणचित्रण करना, एकाएक फोटो ले लेना; soft *~* ⊙ सरल कार्य, सरल व्यवसाय; *~ out* one's *nose* (ला०) क्रोधपूर्वक या उद्दंडताके साथ बात करना, बात काटना, बीचमें बोलना; ~ one's *fingers* किसी व्यक्तिका अनादर करते हुए उसे ठेंगा दिखाना, उपेक्षा करना, अँगूठा दिखाना, परवाह न करना; *~* one *up* डाँट डपट करना; *~ out of it* ⊙ (किसी मनोदशा, स्वभाव या आदतसे) छुटकारा पाना, छूटना।

snapper-up n. तुरत व्यवसायी, चटपट सौदा करनेवाला।

snappish a. दंशोन्मुख, काट खानेवाला, कटखना; क्रोधी, कर्कश, तीखा, तेज, झल्लानेवाला, झल्लर, चिड़चिड़ा; विरक्तिपूर्ण।

snappishness n. कटखनापन; झल्लापन, चिड़चिड़ापन; विरक्तिभाव।

snappy a. सप्राण, सजीव, स्फूर्तिपूर्ण, रोचक (शैली); उत्साही, फुर्तीला, ताजा; मुरमुरा, चुरमुरा ⊙।

snare १. n. पक्षियों या जन्तुओंके पकड़नेका पाश, जाल, बन्धन, फाँस, फन्दा; (शल्य०) कृमि पकड़ने और निकालनेके लिए तारका फन्दा; (शत्रु या किसी भोले-भाले आदमीको बन्दी बनाने, हराने, असफल करने, अपमानित करने, क्षतिग्रस्त करने या) उलझानेका उपाय, चली हुई चाल, फन्दा, जाल, तरकीब; आकर्षक वस्तु, लुभानेवाली बात, मोहपाश, मोहबन्धन, मोहजाल (*popularity is often a ~*); (pl.) ताँतकी डोरियाँ या खाल; २. v.t. पाशबद्ध करना, (पक्षी आदिको) जालमें डालना, फँसाना, पकड़ना; (किसी व्यक्तिको) फँसाना, फाँसना।

snarer n. पाशबद्धकर्त्ता, जालमें फाँसनेवाला, फँसानेवाला, पकड़नेवाला, फन्दा डालनेवाला।

snarky a. मूढ़, मूर्ख, शठ, अशिष्ट, असभ्य, गँवार; दुष्ट, दुःशील, चिड़चिड़ा, बदमिजाज।

snarl[1] १. n. कर्कश क्रोधपूर्ण शब्द, गुर्रानेका शब्द, गुर्राना, गुर्राहट, बड़बड़ाहट; २. v.t. & i. (कुत्तेका) जोरसे गुर्राना, घुर्राना; (किसी व्यक्तिका) सनकीकी भाँति बकना, कर्कश आलोचना करना, क्रोधमें जली-कटी सुनाना, टर्राना, बड़बड़ाना, गुर्राना; बड़बड़ाकर या गुर-गुराकर (अपना असन्तोष) प्रकट करना।

snarl[2] १. n. (प्रा०) उलझन, गाँठ, पेच, फाँस, गुत्थी ⊙; २. v.t. & i (प्रा०) फँसना, फँसाना, उलझना, उलझाना; जटिल होना, जटिल बनाना; परेशान करना; (धातुके सँकरे गलेके अलंकृत पात्रपर) फूल-पत्ती बनाना, अलंकृत

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

करना, भीतरसे ठोंककर बेलबूटे उभारना।

snarler n. गुर्रानेवाला, बड़बड़ानेवाला।

snarling a. गर्जनमय, गुर्रानेवाला, गरजनेवाला; उलझनी, उलझन पैदा करनेवाला।

snarly a. गुर्रैल, गुर्रानेवाला; चिड़चिड़ा, झल्ला, बक्की, बड़बड़िया।

snatch १. n. सहसा आकलन, आकस्मिक ग्रहण, आच्छेद, पकड़, छीनाझपटी, झपट्टा (*made a ~ at it*); (प्रायः pl.) अल्पान्तराल, अल्पावकाश; गीत या गायन या वार्ताके क्षुद्र अंश, लघु खण्ड, छोटे टुकड़े; क्षणिक आवेग, क्षणप्रवृत्ति (*works by ~es, fits & starts*) २. v.t. & i. झपट मारना, झपट्टा मारना, हाथ मारना; शीघ्रतासे हाथ मारना, धरना, पकड़ना, छीनना, खींचना, मुँहसे निकाल लेना, बाल-बाल बचाना, कठिनाईसे बचा पाना या रखना, खूब बचाना, एकाएक ले भागना, उड़ा ले जाना, झपटना, झपट लेना, झपटसे छीन लेना, उचकना, चंगुलसे छुड़ाना, मुश्किलसे बचाना (*~ed his gun up, down*)।

snatcher n. सहसा आकलक, आकस्मिक ग्रहीता, धारयिता, झपट्टा मारनेवाला, छीननेवाला।

snatchy a. अक्रम, अनियमित, बेढब, बेतुका।

snathe n. हस्तक, हत्था, मूठ, मुठिया, बेंट।

snead n. = SNATHE.

sneak १. n. रिपटनी गेंद, भूमिसे बिसटती हुई फेंकी गयी गेंद; (स्कूल०, ग्रा०) भेदी, भेदिया, मुखबिर; भीरु कुत्सित धूर्त मनुष्य, नीच कायर कपटी व्यक्ति, कमीना मक्कार बुजदिल आदमी; २. v.t. & i. (स्कूलका ग्रा०) भेद बताना, गुप्त बात बताना, हाल बता देना, भण्डाफोड़ करना, चुगली करना या खाना, मुखबिर होना; (ग्रा०) खिसकना, सटकना, चुपचाप निकल जाना, चुपकेसे चल देना, चुपके-चुपके जाना; (ग्रा०) चुराके भागना, लेकर चम्पत होना, लेकर चल देना, चुराना; *~-thief* भुट्टाचोर, उचक्का, लुच्चा, उठाईगीर, चोट्टा।

sneaked a. गुप्त, अप्रकट, छिपा।

sneaker n.(क्रि०) रिपटनी गेंद फेंकनेवाला; चुगलखोर।

sneakers n. फिसलने जूते (जिनसे आवाज न हो); टेनिसके जूते ⊙।

sneaking a. रहस्यमय, गुप्त, गूढ़; कुत्सितबुद्धि, अधम, नीच, झेंपू, दुबकनेवाला, कमीना; घटिया, चुगलखोर; अनुचित (*has a ~ kindness for him*)।

sneakingness n. अपक्रमणता, रहस्यभयता, गुप्तता, गूढ़ता; नीचता, कमीनापन; झेंपूपन, दुबकनेवाला स्वभाव; चुगुलखोरी।

sneakish a. भीरु, झेंपू; अधम, कुत्सितोचित, नीचोंके अनुरूप; चुगलखोर।

sneaky a. = SNEAKING.

sneath n. = SNATHE.

sneck n. सिटकनी, कुण्डा।

sneer १. n. तिरस्कारपूर्ण या अवज्ञापूर्ण दृष्टि, उपालम्भ, उपहासपूर्ण दृष्टि, उपहास, अवज्ञाहास, अवहास, ताना, बोली-ठिठोली, मजाक, आवाज; २. v.t. & i. उपहासपूर्ण शब्द बोलना, अवहास करना, व्यंग्य करना, उपालम्भपूर्ण या व्यंग्यपूर्ण बातें कहना, ताना मारना, बोली मारना, आवाज कसना; द्वेषभावसे हँसना, व्यंग्यसे हँसना, हँसी उड़ाना, उपहास करना, खिल्ली उड़ाना; अपमानित करना या होना, लज्जित करना, झेंपाना, शर्मिन्दा करना; खिन्न करना, अप्रसन्न करना, नाराज करना।

sneerer n. उपहासकर्त्ता, हँसी उड़ानेवाला, ठिठोली करनेवाला।

sneeshing n. नस्य, नास, हुलास, सुँघनी।

sneeze* १. n. छिक्का, छींक, छींकनेका शब्द और क्रिया; २. v.i. छींकना*, छिक्का लेना; *not to be ~d at* स्वीकरणीय है, ठीक ही है, बुरा नहीं है; *~wort* छिक्कनी, नाक छिकनी; *~ into a basket* फाँसी पाना।

sneezing १. n. छिक्का, छींकना; २. a. छींकनेवाला।

snell[1] n. तीव्र, तीक्ष्ण, तेज।

snell[2] a. तीक्ष्ण, तीव्र, तेज।

snib[1] n. चिटकनी, फाँस, पेंच।

snib[2] v.t. चिटकनीसे कसना, फाँससे कसना, पेंच लगाना; पकड़ना, फँसाना।

snick १. n. अल्पकर्त्तन; छोटी-सी दरार या कटाव, हल्का-सा दाँता; (क्रिकेटमें) बल्लेसे गेंदका हल्का-सा स्पर्श; २. v.t. छोटी-सी दरार डालना, छोटा-सा कटाव डालना, छोटा-सा दाँता बनाना; (क्रिकेटमें) बल्लेसे जरा-सा गेंदको छू देना।

snicker १. n. हींसना, हिनहिनाहट; २. v. i. हींसना, (घोड़ेका) हिनहिनाना, ठी-ठी करना।

snickersnee n. (हास्य०) बड़ा चाकू, छुरा।

snide १. n. खोटे सिक्के, नकली गहने; २. a. तथ्यहीन, मिथ्या, असार, असत्य, भ्रान्त, झूठा; कृत्रिम, खोटा, बनावटी, नकली, जाली।

Snider n. (*~ rifle* भी) पुराने ढंगकी तोड़दार बन्दूक (१८वीं शतीमें)।

snidesman n. जाली सिक्के चलानेवाला।

sniff १. n. ऊपर खींची हुई वायुकी मात्रा; नाकसे जोरसे साँस खींचनेकी क्रिया एवं शब्द, सुड़कन, सूँ-सूँ; २. v.t. & i. (वायु, सुगन्धको) नाकमें ऊपरको साँसके साथ खींचना, (तरलपदार्थको) नाकसे ऊपरको सुड़कना, (मांस,फूल, ब्राण्डी आदिकी) गन्धको जोरसे सूँघना, ऊपर खींचना; सूँ-सूँ करते हुए नाकसे साँस खींचना, नाकसे साँस लेते हुए सूँ-सूँ करना, नाक सुड़कना; मालूम करना या होना, सुराग लगना; सूंघकर पता लगाना; *~ at* गन्धकी परीक्षा करना, सूँघकर देखना; द्वेष या असन्तोष प्रकट करना, नाक-भौं सिकोड़ना, नाक चढ़ाना; (कुत्तेका) आदमीकी पिंडली काटनेके लिए मुँह बढ़ाना, मुँह मारना।

sniffle v. i. नाकसे बोलना; थोड़ा नकनकाना, मिनमिनाना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

sniffy a. (बोल०) कुछ-कुछ दुर्गन्धपूर्ण या बदबूदार; घृणाशील, अभिमानी, घमण्डी, ऐंठू, नकचढ़ा।

snift v. i. नाकसे रेंट निकालना, नाक बहना, नाक सुड़कना।

snifting-valve n. हवा निकलनेका कपाट।

snigger १. n. अप्रकट हँसी, मन-ही-मनकी मुसकान; २. v. i. (अशिष्टता या निर्लज्जतापर मनकी जैसी या विनोदपूर्ण) अस्फुट हँसी हँसना, (किसी बेशरमी या बदतमीजीपर) चुपके-चुपके मुसकाना।

sniggle v.t. ग्रहण करना, धरना, पकड़ना; जालमें पकड़ना, जालमें फँसाना।

snip १. n. कर्तन, काट, कैंचीसे कतरने या काटनेका काम; कतरन, कतरा हुआ कपड़ा; (बोल०) दर्जी, छीपी, टेलरमास्टर; (दौड़का ग्रा०) (*dead* ~ भी) निश्चय, निश्चित रूपमें; २. v.t. & i. कतरना, कैंची या कतरनीसे काटना (~ *cloth*, ~ *off the ends*)।

snipe १. n. कुनाल, चहा, दीर्घचंचु पक्षी; २. v.t. & i. चहे पक्षीका शिकार खेलना; (सेना०) छिपे हुए स्थानसे शत्रुओंपर गोलियाँ बरसाना या किन्हीं व्यक्तियोंपर निशाना मारना, इस प्रकारसे किसीको आघात पहुँचाना या मारना; ~-fish लम्बी धूथुनवाली मछली।

sniper n. कपटाघाती, छलाघाती, गुप्त स्थानसे गोली चलानेवाला।

snipper n. ग्रहीता, धरनेवाला, पकड़नेवाला; जालमें पकड़नेवाला, जालमें फंसानेवाला।

snippet n. कतरन, छोटा कटा हुआ (कपड़ेका) टुकड़ा; (pl.) सूक्तिसंग्रह, सूक्तिखण्ड, ज्ञान अथवा जानकारीके स्फुट वाक्य, अवतरण, चयनिका, इधर-उधरकी बातें।

snippetiness n. सामान्य ज्ञान, फुटकर ज्ञानकी बातोंका बोध।

snippety a. खण्डज्ञानी, खण्डश्रुत, थोड़ा जानकार, फुटकर बातोंका जाननेवाला।

snipping n. (कैंचीसे) कटाई, कर्त्तन, कतरन।

snippy n. खण्डात्मक, अंशात्मक; कृपण, कंजूस, सूम; चिड़चिड़ा = SNIPPETY.

snip-snap n. तुरत-फुरत वार्तालाप।

snip-snap-snorum n. गोलाईमें बैठकर अलग-अलग स्वतन्त्र रहकर खेलनेका ताशका खेल।

snipy a. चहेके समान, चहे-जैसा; कुनाल-बहुल।

snitch n. वार्ताहर, वार्तावह, दूत, सूचना देनेवाला, समाचार देनेवाला; (ग्रा०) नाक, नकटी, नाकसे निकलनेवाला कफ।

snitcher n. वार्ताहर, वार्तावह, दूत, सूचना देनेवाला, समाचार देनेवाला; हस्त-शृंखला, हथकड़ी।

snivel १. n. मिथ्यारुदन, रें-रें, पें-पें, रिरियाना; नाक, रेंट, नासामल; कपटवचन, पाखण्डपूर्ण मिथ्यावार्ता, झूठी बातें, मक्कारीकी बात; २. v. i. नाक बहना, नाकसे रेंट निकलना; अश्रुपूर्ण होना, मिथ्या पश्चात्ताप करना, बुद्धूपनकी भावुकता दिखाना, आँसू भर लाना, रोना, झूठमूठ रें-रें करना, ठिनकना।

sniveller n. मिथ्यारोदक, रें-रें करनेवाला, पें-पें करनेवाला, नाक रेंटनेवाला।

snob n. चर्मकार, मोची, चमार; (विश्वविद्यालयों और सार्वजनिक पाठशालाओंमें; ग्रा०) नागरिक, नगरवासी, कस्बेका रहनेवाला, शहरी; अभद्र, अकुलीन, निम्नवंशीय, निम्न स्थितिका, ओछी जातिका व्यक्ति; सभ्यम्मन्य, भद्रमानी; वर्गदम्भी, घमण्डी उच्चवर्गके शिष्टाचारोंका अनुकरण करनेवाला और छोटोंको हीन समझनेवाला व्यक्ति, फतोबाबू, नकचढ़ा अमीर, धन्नासेठ।

snobbery n. कपटभद्रता, मिथ्यावैभवप्रेम, सभ्यम्मन्यता, अमीरीकी अकड़।

snobbish a. मिथ्यावैभवप्रेमी, बना अमीर।

snobbishness n. मिथ्यावैभवप्रेम, अमीरीकी अकड़।

snobbism n. = SNOBBISHNESS.

snobby a. = SNOBBISH.

snobling n. मिथ्यावैभवप्रेमी व्यक्ति, अमीरीपरस्त आदमी; सभ्यम्मन्य व्यक्ति, दम्भी आदमी।

snobocracy n. मिथ्यावैभवराज्य, सभ्यम्मन्यतन्त्र, भद्रमानीतन्त्र, भद्रमानीवर्ग, अमीरीपरस्त लोग।

snoek n. (द० अफ्रीका) खाने योग्य बड़ी समुद्री मछली।

snood n. मछली मारनेकी कँटियाको बड़ी डोरीके साथ बाँधनेका सूत या ताँत; स्काटलैण्डकी कुमारियोंके जूड़ा बाँधनेका फीता, डोरी।

snooded a. फीतेदार।

snook[1] n. विशेष समुद्री मछलीकी जातियाँ।

snook[2] n. (ग्रा०) अँगूठेको नाकपर रखकर और उँगलियोंको फैलाकर घृणा या अनादर प्रकट करनेका एक संकेत या हाव, खुट्टी करनेका एक ढंग (*cock, cut, make, a* ~ or ~*s*)।

snooker n. एक प्रकारका बिलियर्ड टेबिलका खेल।

snool v.t. (स्काँट०) अधीन करना, दबाना।

snoop v.t. & i. चोरी करना, चुराना; कानून तोड़नेके उपाय खोजना; कानूनसे कतराना; (मूल० अमरीकी, बोल०) भेद जाननेका अनुचित यत्न करना, बेजा दखल देना, खाहमखाह टाँग अड़ाना।

snooper n. गुप्तभेदी, भेदिया, न जाननेकी बातोंका भेद लगानेवाला।

snooping ⊙ n. सूक्ष्म परीक्षण, रहस्यान्वेषण, भेद लेना, रहस्य जानना।

snooty a. अहंमन्य, अहंकारी, घमण्डी; दुष्ट, दुःशील, चिड़चिड़ा, बदमिजाज; = SNOBBISH.

snooze १. n. अल्पनिद्रा, दिनके समयकी हलकी झपकी; २. v. i. तन्द्राभिभूत होना, दिनके समय हल्की-सी झपकी या नींद लेना (~ *time away*); निष्क्रिय उदासीनतामें समय व्यतीत करना, बेकार वक्त बिताना।

snoozer n. अल्पनिद्रित व्यक्ति, झपकी लेनेवाला आदमी।

snore १. n. नासिका-ध्वनि, खर्राटा, घुरकन; २. v.t. & i. नींदमें खर्राटे लेना या भरना, घुरकना, घुरघुर करना; खर्राटोंमें समय बिताना, सोकर या घुरक-घुरककर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: IKS

वक्त गुजारना: घुर्राटे भर-भरके जागना या सपने लेना *(~ oneself awake)*।

snorer n. खर्राटे भरनेवाला, घुरकनेवाला।

snort[1] १. n. घुर्राटा, खर्राटा, फुनफुनाहट; २. v.t & i. खर्राटे लेना, फुफकारना, फुनफुनाना; (भापके इंजिनका) भकभक करना; फुनफुना करके या नथुने फुलाकर घृणा या निषेध प्रकट करना फुनफुनाते हुए बोलना।

Snort[2] n. पनडुब्बियोंके इंजिनों और नाविकोंके लिए हवा भरनेका उपाय या तरकीब (जब कि वे जलके भीतर हों)।

snorter n. फुनफुनानेवाला आदि क्रियागत अर्थोंमें; बलसूचक या आवेशसूचक प्रदर्शन, जोरदार तमाशा; (ग्रा०) फुफकारती हुई हवा, झंझा, झक्कर।

snot १. n. (ग्रा०) नाक; नाककी रेंट; क्षुद्र गाली (जब किसी व्यक्तिको रद्दी कहा जावे); नीच मनुष्य; २. v.i. नाक छिनकना, नाक साफ करना; ~-rag रूमाल, नकपोंछना।

snottiness n. गन्दापन, रेंटापन, मैलापन।

snotty १. n. (जलसेना, ग्रा०) जहाजका छोटा अधिकारी; २. a. गन्दा, रेंटभरा, रेंटा (जिसकी नाक बहती रहती हो); गन्दा, घिनौना; (गँवारू; एक प्रकारकी गाली भी); (बोल०) उद्विग्न, चिड़चिड़ा, खीजा हुआ, परेशान।

snout १. n. नासा, प्रोथ, (किसी वस्तुका) आगेको निकला हुआ भाग, टोंटी, टोंटा (*~ of glacier*); तुण्ड, थूथन, थूथनी, (हास्य०) मनुष्यकी नाक या मुँहको; २. v.t. थूथन लगाना, टोंटी लगाना।

snouted a. सतुण्ड, तुण्डमय, थूथनदार, थूथनीदार; टोंटीवाला, टोंटीदार।

snouty a. तुण्डवत्, तुण्डसदृश, थूथनवाला; टोंटीवाला।

snow[1]* १. n. तुषार, तुहिन, नीहार, हिम, शीत, पाला, बरफ*; (pl.) तुषारवर्षा, हिमपात, तुषारराशि, हिमराशि, बर्फबारी, बर्फका अम्बार (*where are the ~s of last year?*); सफेद बाल (*the ~s of seventy years*); धवलता या सफेदीमें हिमके समान लगनेवाला पदार्थ, बर्फ-जैसी सफेद चीज (*her breast of ~*); (ग्रा०) अफीमका सत, कोकीन; २. v.t. & i. हिमपात होना, तुषाराच्छन्न होना, तुषार पड़ना, हिमकी भाँति विकीर्ण करना, बिखेरना या फैलाना, बर्फ गिरना या गिराना; ~ball तुषारपिण्ड, बर्फकी गोली; फण्ड (जिसके हर चन्दा देनेवालेको एक नियत सख्यामें अन्य चन्दा देनेवाले खोजने पड़ते हैं); एक प्रकारकी पुडिंग; v.t. बर्फकी गोलियोंसे मारना, बर्फकी गोलियोंका सामना करना; ~-blind हिमान्ध, हिमके प्रकाशकी अधिकताके कारण देखनेमें असमर्थ, बर्फका अन्धा; ~-blindness हिमान्धता, धुँधलापन, हिम-प्रकाशके कारण अन्धापन; ~-bound हिमावरुद्ध, बर्फके कारण रुका हुआ; ~-capped तुषारशीर्ष, तुषारमण्डित, हिमावृतशिखर, बर्फीली चोटीवाला (पर्वत); ~-drift वायुताड़ित तुषारराशि, हिमराशि, बर्फका अम्बार; ~drop हिमसुमन, गुलचाँदनी; ~-fall हिमपात, शीतपात, बर्फबारी; ~-field हिमक्षेत्र, शीतक्षेत्र, हिमप्रदेश, बर्फिस्तान; ~-flake तुषारपिण्ड, तुषारखण्ड, बर्फका गाला या उसकी पतली तह; ~-line चिरतुषार रेखा, हिमरेखा, हिमतल; ~man बर्फका आदमी (जो बच्चे खेलमें बनाते हैं); ~-on-the-mountain उद्यानस्थित सफेद फूलोंका पौधा; ~-owl (प्रायः *~y owl*) शीत-उलूक, हिम-उलूक, बर्फ-जैसा बड़ा सफेद उल्लू; ~-plough सड़कपरसे बर्फ साफ करनेका हल जैसा औजार; ~-shoes बर्फपर चलनेके लम्बे मँकरे जूते; ~-storm प्रचण्ड हिमझंझावात, बर्फका तूफान या आँधी; ~-white शीत-श्वेत, हिमश्वेत, बर्फ-सा सफेद; *~ under* ⊙ हिमाच्छादित करना, बर्फसे ढँकना, बर्फकी तह जमाना; (चुनावमें) बहुत बड़ी संख्यामें पराजित कर देना, हरा देना; *~ed under* ⊙ बाढ़से आच्छादित; *~ed up, in* हिमरुद्ध, बर्फसे रुका हुआ या ढका हुआ;

~ ball-tree, ~ bank, ~-bear, ~-bird, ~ break, ~ broth, ~ cap, ~ cock, ~ cornice, ~ cover, ~ eater, ~ finch, ~ gauge, ~ goggles, ~ goose, ~ land, ~ leopard, ~ partridge, ~ pigeon, ~ pressure, ~ shed, ~-shovel, ~slide, ~slip, ~ warfare.

snow[2] n. दो मस्तूलोंवाले जहाजकी भाँति छोटा जहाज।

snowiness n. तुषारमयता, हिमतुल्यता, बर्फीलापन; तुषारधवलता, हिमवर्णता, बर्फ-जैसी सफेदी।

snowless a. हिमरहित, बिना बर्फके, बेबर्फ।

snowlike a. तुषारवत्, तुहिन-सदृश, नीहार-सदृश, हिम-सदृश, बर्फ जैसा।

snowy a. तुषारस्वच्छ, हिमधवल, हिमवत्, निर्मल, बर्फ-सा सफेद; साफ; तुषारमय, हिममय, हिमप्रचुर, हिमपूर्ण, हिमयुक्त, बर्फीला, बर्फसे भरा; हैम, हिम्य, बर्फका; ~ owl दे० SNOW[1] के अन्तर्गत।

snub[1] १. n. तिरस्कार, कटु भर्त्सना, डाँट-डपट, डाँट, झिड़की, फटकार; २. v.t. कर्कश वाणीमें अनादर करना, मर्मभेदी शब्दोंमें भर्त्सना करना, हृदयहीनतापूर्वक लज्जित करना, तिरस्कार करना, बुरी तरहसे धिक्कारना, पराभूत करना, झिड़कना, फटकारना, दुतकारना, डाँटना, डपटना; रस्सोंके द्वारा जलयानका मार्ग अवरुद्ध करना, जहाजका रास्ता रोकना।

snub[2] १. n. (क्व०) छोटी और चपटी नाक या उठी हुई नाक; २. a. छोटी और चपटी या ऊपरको उठी हुई; ~-nosed नकचपटा, छोटी और चपटी नाकवाला, नक्कू, नकठिगना।

snubber n. भर्त्सना करनेवाला, दुतकारनेवाला, झिड़कनेवाला; दुःखको पी जानेवाला।

snubbing n. भर्त्सना, तिरस्कार, डाँट, झिड़की।

snubby a. वामन, नाटा, छोटा, ठिंगना।

snudge[1] n. कृपण व्यक्ति, अधम व्यक्ति, नीच आदमी,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

कंजूस आदमी ।

snudge[2] v. i. कंजूसीसे बचाना, कृपणता करके बचाना, तंगी करना ।

snuff[1] १. n. नस्य, नास, हुलास, नासाचूर्ण, सुँघनी; २. v.t. सूँघना, नास लेना, नाकसे खींचना, सुड़कना; नाक चढ़ाना; बू लेना; (दियेका) फूल कतरना; ~-box नासदानी, हुलास या सुँघनीकी डिबिया; ~-colour गहरा पीला बादामी रंग; ~-coloured गहरे पीले बादामी रंगका; *take* thing *in* ~ (प्रा०) किसी बातपर क्रुद्ध हो जाना, बिगड़ जाना, गुस्सा हो जाना; *up to* ~ (प्रा०) चतुर, चलता हुआ, पक्का, चण्ट, होशियार, दुनियादार ।

snuff[2] n. दग्धवर्तिका, दियेकी बत्तीका जला हुआ भाग, फूल, गुल; (दीप या उसकी बत्तीका) फूल झाड़ना, गुल काटना ।

snuffer n. सुँघनी छींकनेवाला ।

snuffers n. (pl.) बत्तीका गुल काटनेकी कैंची, गुलगीर ।

snuffiness n. सुँघनीपन, नास-जैसा गुण, मलिनता ।

snuffle १. n. गिनगिनाहटकी ध्वनि, मिनमिनी आवाजकी बातचीत, गिनगिनाहट, मिनमिनाहट; जोरसे साँस खींचनेका शब्द, सूँ-सूँ; २. v.t. & i. नाकसे बोलना, नकियाना, गिनगिनाना, मिनमिनाना; जोरसे साँसकी आवाज करना, सूँ-सूँ करना ।

snuffler n. नाकसे बोलनेवाला, मिनमिना, गिनगिना, नकबोला ।

snuffy a. नस्यदूषित, नासका, नास-जैसा, सुँघनीसे मलिन किया हुआ: चिड़चिड़ा ।

snug १. n. = SNUGGERY; २. v.t. & i. = SNUGGLE; ३. a. यथेष्ट, पर्याप्त, आवश्यकतानुसार, अच्छा खासा (पैसा, माल, प्रीतिभोज आदि); वर्षा और शीतसे सुरक्षित, सुसंहत, अच्छी तरह लिपटा हुआ या बाँधा हुआ या किसी स्थानपर जमा हुआ, सुखसुविधापूर्वक स्थित, सुरक्षित, सुगुप्त, आरामसे बचा हुआ; सुखावह, सुखद ।

snuggery n. सुरक्षित स्थान; सरायका प्राइवेट कमरा ।

snuggle v.t. & i. (बच्चे आदिको) आलिंगित करना, गले लगाना, स्नेहके लिए अपने पास कर लेना, छातीसे चिपका लेना; लिपटना, चिपटना, सटकर लेटना, सटना, पास लेटना ।

snugness n. यथेष्टता, पर्याप्तता; सुरक्षा, सुरक्षितावस्था, सुखदता, सुखकरता, सुविधापूर्णता, सुख, आराम ।

so* adv. इतना अधिक, अत्यधिक, असीम, बहुत, ऐसा*, बेहद, हदसे ज्यादा (*I am ~ glad !*); इस परिणामको देखते हुए ताकि, ऐसी इच्छासे, इस ढंगका, ऐसा, इस प्रकारका, इतना, इस तरहका (*~ high that you cannot reach it*); तथा, तद्वत्, वैसा, प्रस्तुत ढंगसे, इस प्रकार, इसलिए, समानतः, समान रूपसे, मिलता-जुलता हुआ, उस सीमा तक, उस हद तक (*I am not ~ eager*); चूँकि, इसलिए कि, इस शर्तपर, बशर्ते कि (*~ that* or *~ it is done*); इसपर भी, इसीलिए, ऊपरसे, भी, इसके अतिरिक्त. साथ ही, वस्तुतः, यथार्थतः, वास्तवमें, दरअसल, वाकई (*well, ~ I did*); यही तो, वही, वैसा ही, यों, यह, उस (*~ he said*); उस स्थिति या अवस्थामें, वैसी दशामें, और ऐसा हुआ, वैसी हालतमें, इसीमें, सो, योंही, ऐसे ही (*he, it, is better ~*); अतः, अतएव, परिणामतः, फलतः, तदनुसार, तदनुरूप इस कारण, इसलिए, इस वास्ते, उसके मुताबिक (*he says he was not there, ~ he doubtless was not*); (प्रा०) अच्छा, बहुत अच्छा, हाँ, ऐसा ही सही, योंही सही (*if you are content, ~*); (int. के रूपमें) बस, काम चल जायगा, अब बस, रहने दो, रुको, शान्त रहो, बस ठहरो; ~-and-~ अमुक व्यक्ति, अमुक वस्तु, फलाँ आदमी या चीज; ~ ~ साधारण रूपसे अच्छा, मामूली काम चलाने योग्य, साधारण सा, योंही सा; who~, who-~ever कोई भी सही, जो भी हो; *and ~* इत्यादि; तदुपरान्त, इसके बाद, फलतः, निष्कर्षतः, एतदर्थ; *or ~* या कुछ कम अधिक, इससे अधिक नहीं, इसीके आसपास; *~ as to* ताकि; *~* or *in ~ far as* अथवा (प्रा०) *~ far, forth, as* इस या जिस सीमा तक, जिस हद तक, जब तक कि, जहाँ तक, जितना, इतना; *~ be it* ऐसा है, खैर योंही सही, अच्छी बात है, बस इतना बहुत है, बस यह काफी है; *~ far* यहाँ तक, अब तक, इस समय या बिन्दु या सीमा तक; *~ far as* जहाँ तक; *~ far as practicable* यथासाध्य; *~ long* जब तक, इतने समय तक; *~ long as* जहाँ तक, जब तक, इस शर्तपर कि, बशर्ते कि; *~ much for* बस यही करना या कहना है; *~ much ~* यहाँ तक कि; *~ to ~* or *speak* मानो, अर्थात्; *~ please you* आपकी कृपासे, यदि आप कृपा करें; *you don't say ~* सच ! सचमुचमें ! ऐसा ही है न ! ऐसा कहते हो न !

soak १. n. मदिरापानका क्रम, शराबका दौर; घोर मद्यप, खूब शराब पीनेवाला, पियक्कड़, खमके खम चढ़ानेवाला; शोषण, आचूषण, सोखना, तर होना, भीगना, भिगोना; २. v.t. & i. अत्यधिक मदिरापान करना, बहुत अधिक पीना, निरन्तर पीते जाना, छककर शराब पीना; (सोखनेवाले पदार्थके सम्बन्धमें) चूषण करना, आचूषण करना, पी लेना, चूसना, सोखना (तरल पदार्थ); (नमी, तरी, सीलका) किसी वस्तुमें सीलन प्रवेश करना या लाना, सील जाना, नमी लाना, सीड़ना; तरल पदार्थमें पूर्णतया भिगोने या तर करनेके लिए रखना या छोड़ना या डाल देना, सिक्त करना या होना, आर्द्र करना या होना, खूब भिगोना, सिरसे पैर तक भिगो देना या सराबोर करना या होना, (वर्षासे) भिगो देना, भीगना, डुबोना, डूबना, तरबतर करना, तरबतर होना; (प्रा०) कठोर दण्डाज्ञा, कर आदिके द्वारा धनशोषण करना, पैसा चूसना (*~ the rich*); अधिक भार लादना, अधिक दाम लेना, अधिक चार्ज करना ⊙; ~-pit शोषण-गर्त; जलचूषण-गर्त ।

soakage n. नमीका प्रवेश; पाना, नमी, तरी, सीलन,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: MoE-IKS

सीलनका होना, सीड़न; ~ pit आचूषण-गर्त ।

soaked a. आचूषित, सराबोर ।

soaker n. भिगोनेवाला, सोखनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); घोरमद्यप, पक्का शराबी, पियक्कड़; तर कर देनेवाली वर्षा, जोरका झाला या लहरा ।

soaking n. जलसिक्त करने या होनेकी क्रिया, भिगोना या भिगोया जाना ।

soap* १. n. स्वफेन, साबुन* (*insoluble ~s*); खुशामद, चापलूसी; २. v.t. & i. साबुन लगाना, साबुन मलना, साबुनसे रगड़ना; खुशामद करना; ~-boiler साबुन बनानेवाला; ~ boiling साबुन-निर्माण, साबुनसाजी; ~ boxer ⊙ क्षिप्रवक्ता, जल्दी-जल्दी भाषण देनेवाला; ~-bubble साबुनका बुलबुला या बुल्ला; ~-nut अरिष्ट, रीठा; ~-stone स्वफेनाश्म, शैलखटी, घीया पत्थर, सैलखड़ी;

~-ball, ~-pen, ~-test, ~-tree, ~-works.

soapiness n. साबुन-जैसा गुण, साबुनीपन; चाटुकारिता, चापलूसी, खुशामद ।

soapless a. बिना साबुनके, बेसाबुन ।

soapy a. स्वफेनवत्, साबुनसदृश, साबुनयुक्त, साबुनवाला, साबुन लगाया हुआ, साबुनके गुणका, साबुनी; स्निग्ध, (व्यक्ति या उसके आचरण या वार्तालापके सम्बन्धमें) चाटुकार, चाटुकारितापूर्ण, चापलूस, चापलूसीवाला, खुशामदी ।

soar १. n. उड्डयन, उड़ान; २. v. i. (शा० एवं ला०) विडयन करना, उड़ना, हवामें तैरना या मँडराना, पृथ्वीके ऊपर जाना, ऊँचाईपर चढ़ना या होना, ऊँचा चढ़ना, उड़ान भरना, बुलन्दीपर उड़ना (*~ing eagle*) ।

soave adv. मृदुतया, कोमलताके साथ; माधुर्यसे, मधुरतया, मधुरताके साथ ।

sob १. n. सगद्गद दीर्घ निःश्वास, सुबकी, सिसकी, सिसकना; २. v.t. & i. दीर्घ निःश्वाससे आक्रन्दन करना, सुबकी लेना, सिसकी भरना, रोते हुए हिचकी बँधना, सिसकना, सुबकना; ~-stuff ⊙ करुणभाव, करुणरस; भावुकतापूर्ण रचना या कृति ।

sobbing n. गद्गद, सुबकी, सुसकी, सिसकी ।

sober १. v.t. & i. संयतमन होना, अनुत्तेजित होना, स्थिरचित्त होना या बनना, शान्त करना, उन्माद हटाना या हटना, होशमें लाना या आना; गम्भीर होना या बनाना; २. a. सुचित्त, सन्तुलितचित्त, स्वस्थचित्त, स्थिरबुद्धि, सुस्थिरमन, सुलझा हुआ, शान्त, धीर, गम्भीर, शीलवान्, आत्मसंयमी, प्रशान्त, स्थिर, विचारशील, अल्पभाषी, अक्रोधी, अनुत्तेजित, अप्रमत्त, अनुद्वेगशील, इन्द्रियसंयमी, परिमित, मर्यादित, मर्यादाबद्ध, संयत, मित, परिमित, नियत, अतिरेकहीन, नियमाचारी, अनाग्रही, नियतवृत्ति, ठण्डे मिजाजका, संजीदा; मितपायी, पान-संयमी, मदिरापान या शराब पीनेमें संयत (*is a ~ man*); अमत्त, निर्मद, सचेत, सावधान, बिना पिये या बिना नशेके, बेनशा, होशमें, होशियार (*as ~ as a judge*) ।

soberish a. ईषत्सचेत, ईषत्संयतमन, किंचिदनुत्तेजित; गम्भीर-सा, शीलवान्-सा, कुछ-कुछ शान्त ।

soberness n. सुचित्तता, सन्तुलितचित्तता, स्वस्थचित्तता, स्थिर बुद्धि, धीरता, गम्भीरता, शीलवत्ता, प्रशान्तता, स्थिरता; विचारशीलता; अल्पभाषिता; अनुत्तेजितता, अप्रमत्तता, अनुद्वेगशीलता, परिमितता, मर्यादापूर्णता, मर्यादाबद्धता ।

sobersides n. सौम्य व्यक्ति, गम्भीर व्यक्ति, शान्त पुरुष, स्थिर पुरुष ।

Sobranje n. बल्गेरियाकी राष्ट्रीय विधानसभा ।

sobriety n. मिताचार, मिताचारिता, अनुद्वेग, निग्रह, संयम, पानसंयमी वृत्ति; मित पान, अमत्तता; शान्ति, शान्तभाव, सन्तुलितभाव, संयमीभाव, धीरता, गम्भीरता, गाम्भीर्य, स्थिरता, धीरज, संजीदगी ।

sobriquet, sou- n. अवज्ञासूचक नाम, उपनाम, कल्पित नाम, झूठा नाम, उर्फ ।

socalled a. तथाकथित, नाममात्रका ।

soc(c)age n. जागीरदारी पट्टा (जिसके अनुसार काश्तकारको या तो लगान देना पड़ता है या मालिककी कोई और सेवा करनी पड़ती है), खिदमती काश्तकारी ।

soc(c)ager n. पट्टीदार, पट्टेदार काश्तकार ।

soccer n. (बोल०) फुटबाल; बालसंघ ।

sociability n. मैत्रीपूर्णता; समाजप्रियता, प्रेमीभाव, संसर्गशीलता, वार्तालापप्रियता, सम्पर्कशीलता, संगप्रियता, मिलनसारी, मेल-मिलाप ।

sociable १. n. एक प्रकारकी तिपहिया गाड़ी; दो सवारियोंके पास-पास बैठनेकी तीन पहियेकी या तिपहिया पैरगाड़ी; एक प्रकारकी खुली बग्घी; S के आकारका कोच; २. a. (सभा आदिके सम्बन्धमें) अनौपचारिक, मैत्रीपूर्ण, मित्रोंकी, आपसी, दोस्ताना; मिथ्याशिष्टाचारहीन; समाजप्रिय, संघप्रिय, संलापप्रिय, वार्तालापप्रिय, सम्भाषणशील, संगप्रिय, सम्पर्कशील, मिलनसार, मित्र बनानेवाला, मेलमिलापी, बातचीतमें रमनेवाला, संगती, मिलने-जुलनेवाला, लोगोंमें बैठने-उठनेवाला ⊙ ।

sociableness n. = SOCIABILITY.

social १. n. किसी क्लबका सम्मिलित समारोह, सामूहिक सभा, सामाजिक उत्सव; २. a. समाजोन्मुख, सामाजिक, समाजका या समाजमें या समाजकी ओर (*~ intercourse*); समाज-, समाज-सम्बन्धी, समाज-विषयक, मनुष्यों या वर्गोंके पारस्परिक सम्बन्धोंका (*~ problems*); संसर्गशील, सम्बन्धप्रिय, समाजप्रिय, समुदायप्रिय, अन्योन्याश्रित, एकान्तसे दूर, सापेक्ष, सहकारी, संघचारी, समाजमें रहनेवाला (*man is a ~ animal*); पारस्परिक, आपसका, मित्रों सहित या मित्रोंका (*the S~ war*); the ~ coatract *or* (क०) compact सामाजिक अनुबन्ध, सामाजिक संविदा;

~ agency, ~ attitude, ~ authority, ~ condition, ~ credit, ~ custom, ~ economy, ~ etiquette, ~ gathering, ~ habits, ~ heritage, ~ hygiene, ~ injus-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

tice, ~ position, ~ psychology, ~ science, ~ security, ~ service, ~ status, ~ vice, ~ welfare, ~ worker.

socialism n. समाजवाद, समाजसत्तावाद, समाजतन्त्र ।

socialist n. समाजवादी, सोशलिस्ट ।

socialistic a. समाजवादी, समाजवादात्मक, समाजवाद-सम्बन्धी, समाजसत्ता-सम्बन्धी ।

sociality n. सामाजिकता, सापेक्षता, समाजप्रियता, अन्योन्याश्रय; पारस्परिकता, आपसी भाव ।

socialization n. समाजीकरण ।

socialize v.t. समाजीकरण करना, सामाजिक करना, समाजवादके सिद्धान्तोंपर व्यवस्थित करना ।

societary a. सम्प्रदाय-विषयक, समाज-सम्बन्धी, जाति विषयक, सोसायटीका ।

society* n. सम्प्रदाय, जनसमूह, समुदाय, समाज*, जाति, कौम, सोसाइटी (*no ~ can retain members who flout its principles*); किसी सभ्य राष्ट्रका सामाजिक रहन-सहन, संगठन, सामाजिक जीवन और रीति-रिवाज (*the progress of ~ is an evolution*); प्रतिष्ठित वा शिष्ट समाज, सम्पन्न तथा सम्बद्ध समाज, सम्पन्न या धनी समाज, किसी समाजके उच्च वर्ग, पैसेवाले नामी लोग (*was welcomed by ~*); परिषद्, समिति, मण्डली (सामान्य लक्ष्य या हितकी भावनासे एकताबद्ध मनुष्योंका) संघ, समुदाय, सभा (*S~ of Jesus*); सहयोगिता, संग, सगति, मित्रता, साथ (*~ and solitude*); सहभागिता, अतिथि सत्कारमें सहयोग, ससर्ग, सम्पर्क, साहचर्य, संगति, साथ, भागीदारी (*goes a great deal into, avoids, is at his best* or *embarrassed, in ~*); *~ moulds a man* खरबूजाको देख खरबूजा रंग बदलता है ।

Socinian १. n. निम्न धर्मशास्त्रज्ञोंके मतका अनुयायी, एकात्मवादी, सोसीनियन; २. a. इटलीके धर्मशास्त्रज्ञ *Laelius* और *Faustus Socinus* से सम्बन्धित ।

Socinianism n. एकात्मवाद, सोसीनियनोंका मत, सोसीनवाद ।

sociogram n. समाज-रेखाचित्र ।

sociological a. समाजशास्त्रीय, समाजविज्ञान-सम्बन्धी ।

sociologist n. समाजविद्, समाजशास्त्री, समाजविज्ञ, समाज-विज्ञानवेत्ता ।

sociology n. सामाजिकी, मानवसमाजतत्त्व, समाजशास्त्र, समाजविज्ञान, मानवसमाज (के विकास, उसकी प्रकृति तथा उसके नियमोंसे) सम्बन्धित जानकारी ।

sociometry n. समाजमिति ।

socius n. व्यष्टि ।

sock¹* n. (प्रा०) विदूषकका हलका जूता; पिण्डुलीके नीचे तकका छोटा मोजा*, जुर्राब; सुखतल्ला, गर्मी लानेके लिए रखा हुआ जूतेका भीतरी तल्ला ।

sock² १. n. फेंकनेकी वस्तु या घूँसेका प्रहार, पत्थरकी चोट या वार; २. v.t. (किसीपर रोड़ा या पत्थर) मारना, उछालना, फेंकना; (फेंककर मारनेके किसी अस्त्रसे किसी व्यक्तिपर) प्रहार करना, कठोर आघात करना, चोट करना, मारना; ३. adv. अकस्मात्, एकाएक, ठीक, धड़से, ऐन (*hit him ~ in the eye*) ।

sock³ १. n. (स्कूल ग्रा०) मिठाई, पेस्टरी आदि; २. v.t. & i. मिठाई खाना; (किसीको कुछ) देना ।

sock⁴ n. फाल ।

sockdologer, -lag- ⊙ n. (ग्रा०) चुकती बात ।

socker n. = SOCCER.

socket १. n. कूप, गर्तिका, साकेट; भाजन, (किसी वस्तुको मजबूतीसे बैठाने या खड़ा करने या घूमते रहनेके लिए प्राकृतिक या कृत्रिम) आधार, पात्र, घर, कोटर, खाना, ठिया धुआ (*eye-~*); २. v.t. खानेमें बैठाना या रखना; (गोल्फमें) गेंदपर छड़ीकी गाँठसे चोट लगाना ।

socketed a. कोटरस्थित, घरमें बैठाया हुआ, खानेमें जमाया हुआ ।

socle n. (स्था०) स्तम्भ या मूर्तिका आधार-स्वरूप पाषाणपीठ, नीचेकी पत्थरकी चौकी या पाया, कुर्सी ।

Socratic a. सुकराती (*~ method*) ।

sod¹ १. n. शाद्वल, तृणमृदा, तृणावृत मिट्टी, दूब लगी हुई भूमिकी ऊपरी पर्त; तृणावर्त भूखण्ड, घास लगी मिट्टीका ढेला; २. v.t. (धरतीको) घास-लगी मिट्टीकी पर्तोंसे या ढेलोंसे ढकना, तृणमृदा बिछाना; घास लगे ढेले फेंककर मारना; *under the ~* समाधिमें, कब्रमें ।

sod² n. (ग्रा०) लौंडेबाज ।

soda n. विक्षार, सोडियमका क्षारपदार्थ, खार, सोडा; (*~-water* भी) खारा पानी, सोडावाटर (*have some brandy & ~*); ~-fountain पात्र, जिसमें सोडा रखा जाता है; स्टोर जहाँ यह पात्र रहता है ⊙;

~-ash, ~ bleach, ~ caustic, ~ clay, ~ crystals, ~ glass, ~-granite, ~-lake, ~-lime, ~ mica, ~-potash, ~-scone.

sodality n. धार्मिक संगठन या भ्रातृत्व; साथ; भाईचारा, बिरादरी ।

sodden १. v.t. & i. आर्द्र या तर होना या करना; कुचकुची (रोटी) होना या बनाना; हतबुद्धि करना; २. a. आर्द्र, सिक्त, क्लिन्न, खूब भीगा हुआ या पानी सोखा हुआ, तर, तरबतर; कच्ची, भारी और कुचकुची, अधपकी (रोटी); नित्य मद्यपानके कारण हतबुद्धि, शक्तिहीन, निष्क्रिय, जड़, भोंदू; धुत, सराबोर ।

soddenness n. आर्द्रता, सिक्तता, क्लिन्नता, गीलापन; कच्चापन, कुचकुचापन; (अधिक मदिरापानके कारण) बुद्धिहीनता, जड़ता ।

sodic a. वैक्षारिक, विक्षारीय, सोडियम-सम्बन्धी ।

sodium n. क्षारातु, सोडा, नमक तथा अन्य पदार्थोंमें पाया जानेवाला एक सफेद मुलायम धातु-तत्त्व ।

sodoku n. सोडोकू (एक प्रकारका जापानी बुखार) ।

sodom n. व्यभिचारगृह ।

sodomite n. अप्राकृतिक व्यभिचारी, पुंमैथुनकारी, बच्चेबाज, लौंडेबाज ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri Funding: IKS

sodomitical a. अप्राकृतिक व्यभिचारी, पुंमैथुन-पर, बच्चेबाज, लौंडेबाज; अप्राकृतिक व्यभिचारा-विषयक, पुंमैथुनपर-सम्बन्धी, बच्चेबाजका, लौंडेबाजका।

sodomy n. पुंमैथुन, गुदा-मैथुन, बच्चेबाजी, लौंडेबाजी।

soever suf. कितना भी, कहीं भी, कोई भी (*how great ~ it may be*)।

sofa n. प्रतल्प, पर्यंक, सुखासन, कई लोगोंके बैठनेका बड़ा गद्दा या कौच, सोफा।

soffioni n. ज्वालामुखी वाष्प-रन्ध्र।

soffit n. छज्जे, बारजे, महराब आदिका नीचेका तल या निचली सतह।

sofi n. = SUFI.

sofism n. = SUFISM.

soft* १. n. मूर्ख निर्बल व्यक्ति, सीधा आदमी, बेवकूफ आदमी, भोंदू, घोंघाबसन्त; २. a. मसृण, श्लक्ष्ण, चिक्कण, स्निग्ध, चिकना, (*~ skin*): सुकुमार, मृदु, कोमल, मुलायम, लोचदार, लचकदार, लचीला, गुदगुदा, पिलपिला, नरम* (*~ as butter*); मधुर, सुन्दर, मनोहर, शीतल, सुगन्धित, शान्तिप्रद, समशीतोष्ण, अतिक्त, मृदु, अच्छा, सुहावना (*~ air*); आर्द्र या नम, गलनशील या पिघलता हुआ, बरसाती (*~ weather*); विनीत, सौम्य, शान्त, प्रशान्त, विनयी, नम्र, सदय, सहृदय, शिष्ट, मिलनसार, सम्मानपूर्ण, अभिवादनशील, रसिक, प्रेमी, ठण्डे मिजाजका; हलका, मन्द, धीमा, ठण्डा (*~ rain*); (पानाके सम्बन्धमें) सुपाच्य, मीठा, हलका; निरम्ल, अतिक्त,पाचक, मधुर, स्वादु, मीठा, हलका, मजेका (*~ claret*); शान्त, सरल, संन्यासियों जैसा, सादा, सूफियाना (*~ light*); हलके ढंगसे परिभाषित, शिथिल, ढीला, कच्चा (*~ outline*); मध्यम, अकर्कश, हलकी आवाजका, धीमा, मद्धिम (*~ music*); (ध्वनि०) सघोष (*b, g, d, are ~ mutes*), ऊष्म (*g is ~ in* gin); निष्क्रिय, शक्तिहीन, बलहीन, अबल, निर्बल, क्षीण, अशक्त, शिथिल, बुद्धिहीन, ढीला, कमजोर, जड़, सुस्त, पोला, महरा, जनाना (*the national character has gone ~*); निर्विघ्न, शान्तिपूर्ण, शान्तिमय, चुपका (*~ slumbers*); (प्रा०) सुगम, सुकर, सरल, सहल, आसान, आरामका (*has a ~ job*); सहृदय, संवेदनाशील, सहानुभूतिशील, दयार्द्र, दयालु, नम्र, करुणाशील, रहमदिल, हमदर्दी रखनेवाला (*has a ~ heart*); int. (प्रा०) शान्त ! चुप !; कुछ तो ठहरिये, जरा रुकिये; *~* corn अँगूठेके बीचका मुलायम घट्ठा; *~* currency सुलभ मुद्रा; *~* drink (बोल०) मद्यरहित पेय, बेनशेका शर्बत आदि; *~* goods हलका माल, कपड़े आदि; *~* hail कच्चे ओले; *~*-headed, *~*-witted झक्की, सनकी, खब्ती; बुद्धू, भोंदू; *~*hearted प्रेमवाली, कोमलहृदय, दयालु, रहमदिल; *~*-heartedness कोमलहृदयता, रहमदिली, नरमदिली; *~* nothings प्रेमवार्ता, प्रेमभरा वार्तालाप, प्यारकी बातें, रसीली बातें; *~* palate मांस-तालु, मृदु तालु, कोमल तालु; *~*-pedalled ⊙ हल्केसे छुआ हुआ; *~* tack(नौवि०) रोटी; *~* wicket गीली भूमि (क्रिकेटमें);

~-armed, *~*-backed, *~* ball, *~* bast, *~*-bedded, *~*-bellied, *~*-bodied, *~*-boiled, *~*brained, *~* climber, *~* coal, *~*-coated, *~* commissure, *~* crown, *~* eyed, *~*-finned, *~*-furred, *~* glass, *~*-headed, *~* iron, *~* like, *~* money, *~* paraffin, *~* pencil, *~* quality, *~*-rayed, *~* roe, *~* rush, *~*-shelled, *~* shield fern, *~* solder, *~* sore, *~*-spoken, *~* steel, *~* tack, *~* tortoise, *~* waste, *~* water, *~* wheat, *~* wood, *~*-wooded.

soften v.t. & i. मृदुकरण करना या होना, मृदु करना या होना, समशीतोष्ण करना या होना, कोमल करना या होना, मुलायम या नरम करना या होना; पिलपिला करना या होना, धीमा करना या होना (*~ up* भी) बम गिराकर सेनाकी रक्षाशक्तिको घटाना या कम करना; लाघव करना, लघु करना या होना, कम या हलका करना या होना।

softener n. मृदुकर, मुलायम या कोमल बनानेवाला; बम गिराकर सेनाकी रक्षात्मक शक्तियोंको घटानेवाला।

softening a. शान्तिकर, शमक; *~ of the brain* मस्तिष्ककी अस्वास्थ्यजन्य विकृति या विकार।

softish a. शान्त-सा, आमृदु, कोमल-सा, मुलायम-सा।

softling n. क्लैब व्यक्ति, क्लैब पुरुष, स्त्री-जैसा पुरुष, हिजड़ा आदमी, जनखा।

softness n. मार्दव, सुकुमारता, मृदुता, मसृणता, कोमलता; मधुरता, शीतलता; सौम्यता, नम्रता, नर्मी, मुलायमियत; शिथिलता; सुगमता।

softy n. & a. मूर्ख, क्षीण (व्यक्ति)।

sogginess n. आर्द्रता, सिक्तता, गीलापन, तरी, सीलन।

soggy a. आर्द्र, सिक्त, गीला, तर, भीगा हुआ; मृदु, नरम।

soho int. घोड़ेको शान्त करनेका शब्द, पुचकारनेकी ध्वनि, बस, पुच-पुच।

soil[1] n. मृत्तिका, मृदा, पृथ्वीका ऊपरी स्तर, भूमि, मिट्टी, धरती, जमीन (*good ~*); प्रदेश, स्थल; one's *native ~* जन्मभूमि, अधिभूमि, मातृभूमि, पितृभूमि; पाँस, खाद, गोबर;

~ acidity, *~* aeration, *~* aggregates, *~* air, *~* amelioration, *~* amendments, *~* bacteria, *~* base, *~* biology, *~* bodies, *~*-building crops, *~* burning, *~* cement, *~*-classification, *~* colloid, *~* component, *~* condition, *~* conservation, *~* conservationist, *~* constituents, *~* cost value, *~* cover, *~* covering, *~*-creep, *~*-depleting crops, *~* description, *~* drainage,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ entry, ~ erosion, ~ exhaustion, ~ expectation value, ~ extension, ~ fauna, ~ fertility, ~-fixation, ~ flow, ~ formation, ~-forming mineral, ~ fumigation, ~ gas, ~ genesis, ~ heat, ~ heterogeneity, ~ improvement, ~ indicator, ~infection, ~-inhabiting, ~ level, ~ loosening, ~ management, ~ map, ~ mass, ~ material, ~ mechanics, ~ moisture, ~ morphology, ~ nitrogen, ~ organisms, ~ particle, ~ permeability, ~ physics, ~ pipe, ~ porosity, ~ preparation, ~ profile, ~ protection wood, ~ rental, ~ root, ~ science, ~ scientist, ~ series, ~ structure, ~ survey, ~ temperature, ~ texture index, ~ thermograph, ~ units, ~ ventilation, ~ volume, ~ water.

soil[2] १. n. कलुष, मलिनता, गन्दगी; कलंक, धब्बा, गन्दा निशान, दाग; २. v.t. & i. भ्रष्ट करना, दूषित या मलिन करना, मैला करना, गन्दा करना, बिगाड़ना, धब्बे लगाना, खराब कर देना, पलीद करना: (प्रा०) मलिन या मैला हो जाना, गन्दा हो जाना, धब्बे पड़ना।

soil[3] v.t. ढोरोंको हालकी कटी हुई हरी-हरी घास खिलाना, ताजी घास चराना।

soiled a. भूमिका, मिट्टीका; कलुषित, मलिन, दूषित (*~ linen*)।

soiling n. मिट्टी तैयार करना, खाद मिलाना; मैला करना।

soilless a. कलंकहीन, बिना धब्बेके, बेदाग।

soilure n. अंक, चिह्न, धब्बा, निशान; अपूति, अपवित्रीकरण।

soiree n. सान्ध्यसमिति, सन्ध्याकालीन समारोह, सायंकालीन उत्सव, सान्ध्यसभा, शामका सम्मेलन या जलसा।

sojourn १. n. अल्पवास, अवस्थान, प्रवास, थोड़े दिनका बसेरा, डेरा, दौरा, सैर; पड़ाव; २. v. i. प्रवासी होना, प्रवास करना, अस्थायी रूपसे वास करना या किसी स्थानमें टिकना या किन्हीं लोगोंके साथ बसना, चार दिनके लिए रहना, डेरा डालना, थोड़े दिनका बसेरा या पड़ाव करना।

sojourner n. प्रवासी, यात्री, अवस्थायी आगन्तुक, परदेशी, थोड़े समय बसेरा करनेवाला।

sojourning n. अवस्थान, यात्रा, प्रवास।

sojournment n. अल्पवास, प्रवास, बसेरा, डेरा, दौरा, सैर, पड़ाव।

soke, soc n. स्थानीय न्यायालयाधिकार, स्थानीय पंचायत बुलानेका अधिकार; न्यायपीठ।

Sol[1] n. (हास्य०) रवि, सूर्य, सूरज।

sol[2] n. (संगीत) यूरोपीय संगीतके अष्टकका पंचम स्वर; (रसा०) इलेलयन, विलयन।

sol[3] n. फ्रांसीसी टका या अधन्नी।

sola n. गाभेदार डण्ठलका उष्णप्रदेशीय दलदली पौधा, खुखड़ी, शोला; ~ hat सोला टोपी।

solace १. n. उपशम, उपश्रम, प्रबोध, सान्त्वना, शान्ति, क्लेशापहरण, शोकशान्ति, आश्वासन, विश्रान्ति, ढाढ़स, धैर्य, धीरज, आराम, दिलासा, खातिरदारी (संकट या निराशा या क्लान्तिके समयमें) (*found ~ in religion*); २. v.t. सान्त्वना देना, ढाढ़स बँधाना, दिलासा देना, खातिरदारी करना; ~ one*self with* शान्ति पाना, संकटमें अपने-आपको धीरज देना; मन बहलाना, जी बहलाना।

solacement n. उपशमन, उपश्रमण, प्रबोधन, सान्त्वन, शान्तिप्रदान, आश्वासन, विश्रान्ति, ढाढ़स, दिलासा।

solanaceous a. आलूकी जातिका।

solan(-goose) n. पहाड़ी बतख, हंस।

solano n. सोलानो, लू (भूमध्यसागरमें बहनेवाली गरम दक्षिण-पश्चिमी हवा)।

solar a. सौर, सूर्य-सम्बन्धी, सूर्यविषयक, सूर्य द्वारा नियमित (*~ day*); ~ myth सूर्यपुराण, सूर्यकथा; ~ plexus सूर्यप्रतान, सूर्यचक्र, स्नायुवर्तुल, स्नायु-गुच्छ, आमाशयके एक स्नायु-समूहका नाम; ~ system सौर संहति, सौरजगत्, सौरमण्डल; ~ activity, ~ atmosphere, ~ apex, ~ climate, ~ compass, ~ cooker, ~ corona, ~ eclipse, ~ microscope, ~ month, ~ motion, ~ physics, ~ radiation, ~ salt, ~ time, ~ year.

solarism n. सौरवाद, सूर्यपुराणवाद, सूर्य-सम्बन्धी पौराणिक कथाओंमें आस्था।

solarist n. सूर्यपुराणवादी, सूर्य-कथाओंमें विश्वासी व्यक्ति।

solaristics n. सौरिकी, सूर्यविज्ञान।

solarium n. सूर्य-चिकित्सालय।

solarization n. सूर्यकी किरणोंसे नाश, अधिक प्रकाशके कारण बिगाड़ या बिगाड़नेका कार्य।

solarize v.t. & i. (फोटो०) अधिक समय तक धूपमें रखनेके कारण बिगड़ जाना या बिगाड़ देना, धूपमें खराब कर देना; सूर्यकी किरणोंसे नष्ट करना या नाश होना।

solatium n. क्षतिपूरण, क्षतिपूर्ति, सन्तोष या मुआवजेके लिए दी हुई वस्तु, हर्जाना।

sold a. विक्रीत (*~ book*), SELL का भू० कृ०।

soldanella n. नीलरक्त, नीलाभ रक्त, नीलाभ अरुण, अरुणाभ नील।

solder १. n. सण्टंक, सन्धा, टाँका, राँगा, झाल, धातु जोड़नेका मसाला; (ला०) जोड़नेवाला, सीमेण्ट करनेवाला; २. v.t. सण्टंकन करना, टाँका लगाना, जोड़ना, टाँकेसे जोड़ना, झालना; soft ~ कम तापमें पिघलनेवाला मसाला या टाँका।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding: MKS

soldered a. सण्टंकित, (~ *coins*)।

solderer n. सण्टंकक; टाँका लगानेवाला।

soldier १. n. (शा० एवं ला०) सैनिक, शस्त्रधारी, शस्त्रधर, युद्धोपजीवी, योधा, भट, फौजका सिपाही (~*s and sailors*); अनायुक्त या प्राइवेट सेनाधिकारी (*both officers and* ~*s*); श्रेष्ठ सेनापति, विशिष्ट योग्यताप्राप्त सेनाध्यक्ष (*a great* ~); (ग्रा०) (नौवि०) कामचोर आदमी, कामचोर मल्लाह; एक प्रकारकी लाल मछली; (~ *ant* भी) युद्धप्रिय पिपीलिका, लड़ाकू चींटी या दीमक; (~ *beetle* भी) एक प्रकारका लाल विषैला कीड़ा; (~ *crab* भी) एक प्रकारका जहरीला केकड़ा; २. v. i. सैनिकका आचरण करना, फौजमें नौकरी करना, फौजी सिपाहियोंकी भाँति काम करना, सिपाहीगीरी करना; (नौवि०, ग्रा०) कामसे भागना या बचना, कामसे जी चुराना; red ~ शूकर-रोग, सुअरोंका रोग;

~ home, ~ park, ~ ticket.

soldiering n. सैनिकता, शस्त्रधारिता, शस्त्रधरता, युद्धोपजीविता, सिपाहीगीरी (*go, tired of,* ~)।

soldierlike a. सैनिकवत्, सैनिक-सदृश, फौजी सिपाही-जैसा; शूर, वीर, सूरमा-सा।

soldiership n. सैनिकत्व, सिपाहीगीरी; सैनिक गुण, सैनिकपद, रणकौशल, युद्धचातुर्य।

soldiery n. सैन्यसमूह, सैनिकदल, सेना, बल, सैन्य, सैनिकवर्ग, फौजी सिपाहियोंकी टुकड़ी (*a wild* ~); (किसी राज्यके किसी एक कमानके) सैनिक, सिपाही, सिपाही लोग।

soldo n. (pl. *-di*) सोल्डो (इटलीका एक सिक्का)।

sole[1] १. n. पादतल, नितल, पैरका तलवा; जूतेका तला या तल्ला (~ *channel, leather*); किसी वस्तुका तल-भाग या आधार, अधोभाग, नीचेका भाग, तला, पेंदा, पेंदी; २. v.t. जूतेमें तल्ला लगाना।

sole[2] n. चिपिटा, सामुद्रिक मत्स्य, एक प्रकारकी स्वादिष्ठ खाद्यरूप चपटी मछली।

sole[3] a. अनन्य, एकल, एकमात्र, एकाकी, केवल, एक ही, निरा, सिर्फ (*I is* ~ *reason is this*); (कानून) अविवाहित, कुमार, कुँवारा; (ग्रा०) मित्रहीन, अकेला, बिना साथी-संगीका (*went forth* ~);

~ agent, ~ arbiter, ~ charge, ~ criterion, ~ judge, ~ officer, ~ trader.

solecism n. व्याकरण-भूल, व्याकरणके विचारसे अपप्रयोग, अशुद्ध प्रयोग, मुहाविरेकी भूल; अशुद्धोच्चारण, लेखनकी भूल; शिष्टाचारोल्लंघन, संस्कार-च्युति, अनुचित व्यवहार, बेहूदगी, बदतमीजी।

solecist n. व्याकरण या भाषा-लेखनकी भूल करनेवाल, अनुचित-पद-प्रयोगकर्त्ता।

solecistic a. असंगत, अशुद्ध, अपप्रयोग या अशुद्ध प्रयोग-सम्बन्धी, गलत।

solecistical a. त्रुटिमयया त्रुटियुक्त, अशुद्ध, गलत।

solecize v. i. अपप्रयोग करना, असंगत प्रयोग करना, अशुद्ध प्रयोग करना, गलत मुहावरा बोलना।

soled a. तल्लेदार, तल्ला लगा हुआ।

solemn a. सत्यनिष्ठ, धर्मसंस्कारयुक्त, सविधि, विधि-युक्त, संस्कारसहित, पुण्य, पवित्र, औपचारिक, यथारीति सम्पादित, रस्मी, बाजाब्ता (~ *sacrifice*); महान्, महत्त्वपूर्ण, बड़ा, गुरु, गम्भीर, अहम, भारी (*a* ~ *occasion*); प्रभावपूर्ण, चित्ताकर्षक, रहस्यात्मक रूपसे प्रभावशाली (~ *silence*); भक्तिमान्, भक्तिभावापन्न; उदात्त, शान्त, गम्भीर, धीर, विचारशील, सुचिन्तित, जँचातुला, संजीदा; धीरगति, मन्दगति, धीमी चालका (~ *music*); आडम्बरपूर्ण, दिखावटी; गम्भीरतापूर्ण या महत्त्वपूर्ण, शानदार, ठाठदार, फीका (*put on a* ~ *face*); ~ declaration सत्योक्ति; ~ war घोषित युद्ध।

solemnity n. पुण्यक्रिया, विधि, धर्म-कर्म, धार्मिक संस्कार, धार्मिक क्रिया या अनुष्ठान, कर्मकाण्ड, उत्सव, समारोह, तीज-त्यौहार, रस्म; गौरव, महत्ता, महानता, बड़ाई, अहमियत; पवित्रता; गाम्भीर्य, गम्भीरता, गुरुता, धीरता; बाह्याडम्बर, आडम्बरपूर्णता।

solemnization n. विधिवत् सम्पादन, समारम्भ, समारोह, यथाशास्त्र अनुष्ठान, उत्सव या त्यौहार मनानेकी क्रिया, धूम-धाम; गौरवीकरण, गौरवदान, वृहतीकरण, महत्त्वप्रदान।

solemnize v.t. (पर्व, उत्सव आदि) मनाना; (विवाह-संस्कारको) विधिवत् सम्पादित करना, समारम्भ करना, औपचारिक रूपसे पूरा करना, (विवाह) संस्कार करना, यथाशास्त्र अनुष्ठान करना, धूमधामसे मनाना; गौरवान्वित करना, गम्भीर या महत्त्वपूर्ण बनाना, अहमियत या संजीदगी पैदा करना।

solemnizer n. (विवाह-संस्कारका) विधिवत् सम्पादक, समारम्भक, यथाशास्त्र अनुष्ठाता।

selemnly a. प्रतिज्ञापूर्वक, सत्यनिष्ठाके साथ, सत्य-भावसे।

solemnness n. संस्कारयुक्तता, धार्मिकता, औपचारिकता; चित्ताकर्षकता; = SOLEMNITY.

solen n. क्षुरपुटी, नली मछली।

soleness n. अनन्यता, एकलता, एकमात्रता, एकाकीपन, केवलता, अकेलापन।

sol-fa १. n. = SOLMIZATION; २. v.t. & i. = SOLMIZE.

solfatara n. ज्वालामुखी-स्फोट, ज्वालामुखी-विस्फोट।

solfeggio n. (pl. *-gi*) = SOLMIZATION.

solicit v.t. & i. अध्येषण करना, अभ्यर्थना या अनुनय करना, अनुरोध या निवेदन करना, आग्रह करना, याचना करना, विनती करना, प्रार्थना करना, मिन्नत करना, अर्ज करना, दरख्वास्त करना, अपील करना (*we* ~ *you for your custom*); अनुरोधपूर्वक याचना करना, बड़ी उत्सुकताके साथ माँगना, हीनता प्रकट करते हुए माँगना, ढूँढ़ना, खोजना, चाहना (~ *favours*); सार्वजनिक स्थानमें (किसी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

व्यक्तिको वश्याका) रिझाना, लुभाना।

solicitant[1] n. अध्येषक व्यक्ति, अभ्यर्थक व्यक्ति, अनुनेता, निवेदक व्यक्ति।

solicitant[2] a. अध्येषक, अभ्यर्थक, अनुनेता, निवेदक।

solicitation n. अध्येषणा, सानुनय प्रार्थना, सविनय निवेदन, याचना, आमन्त्रण, विनती, मिन्नत, माँग, दरखास्त; उत्कण्ठा, चाह; रिझाव; लुभाव।

solicitor n. (क०) याचक, निवेदक, प्रार्थी, मिन्नत या दरखास्त करनेवाला; वादेक्षक, अनुप्रार्थी, उपवकील, अभियोग-जीवी, मुख्तार, सोलिसिटर (कानून); पक्ष-प्रचारक ⊙, कनवेसिंग करनेवाला; S~-General महा-वादेक्षक, महा-अनुप्रार्थी, सोलिसिटर जनरल।

solicitorship n. याचकता, निवेदकता, प्रार्थिता, आमन्त्रणकर्तृत्व; वादेक्षकता, अनुप्रार्थिता, वकीली, मुख्तारगीरी, सोलिसिटरी।

solicitous a. (*about, concerning, for* के साथ भी) अत्यभिलाषी, इच्छुक, आतुर, उत्कण्ठित, लालायित, करनेके लिए उत्सुक, तत्पर, आमादा; व्यग्र, आकुल, चिन्तित, उद्विग्न, चिन्ताक्रान्त, व्याकुल।

solicitousness n. अत्यभिलाषिता, इच्छुकता, आतुरता, उत्कण्ठा, लालायितता, उत्सुकता, तत्परता, लीनता, आमादा होना; व्यग्रता, आकुलता, चिन्तितता, उद्विग्नता, चिन्ताक्रान्ति, व्याकुलता, चिन्ता, फिक्र।

solicitude n. उत्सुकता, उत्कण्ठा, आतुरता, खाहिश-मन्दी; तीव्र इच्छा; आकुलता, व्यग्रता, उद्वेग, उद्विग्नता, चिन्ता, बेचैनी, परेशानी।

solid* १. n. संघात, घनपिण्ड; (रेखा०) घन, सान्द्र, घनाकृति; २. a. ठोस*, ठोस पदार्थका; समग्र, सम्पूर्ण, अशून्य, अखण्ड, अविच्छिन्न, एक-सा, पूरा-पूरा, बिना किसी भीतरी खोल या कटावके, भरा हुआ (~ *sphere* or *ball*); घन, सान्द्र, स्थायी आकारका, घना, स्थूल, कठिन, कठोर, अतरल, अचल, भारी, कड़ा, टिकाऊ (~ *food*); सुगठित, पुष्ट, सुदृढ़, पक्का, गठा हुआ, मजबूतीसे बना हुआ, मजबूत (~ *house*); शुद्धरूप, एकसदृश, एकरूप, एक समान, बिल्कुल एक-सा, एकमेल, खालिस (*of* ~ *silver*); घनाकृतियोंसे सम्बन्धित; यथार्थ, अकृत्रिम, अकल्पित, युक्तियुक्त, तर्कसंगत, साधार, आधारयुक्त, प्रमाणित, सच्चा, विश्वसनीय, सत्य, वास्तविक, सही, ठीक, असली, भरोसेका, माकूल (~ *arguments*); ~ man समृद्ध, सम्पन्न; समझदार किन्तु कम तेज आदमी; *go* or *be* ~ *for* संगठित होना, एकताबद्ध होना, पक्षमें एक होना।

solidarity n. सामाजिकता, समाजबन्धन; संघटन, संगठन, अन्योन्याश्रय, पारस्परिक निर्भरता, समस्वार्थता, ऐक्य, सममैक्य, ऐक्यभाव, एकता।

solidary a. संघटनात्मक, अन्योन्याश्रय-सम्बन्धी, ऐक्य-भावयुक्त, इतरपराधीन, समस्वार्थमय, एकतापूर्ण।

solidifiable a. सान्द्रीभाव्य, सान्द्रीकरणीय, घनी-करणीय, दृढ़ीकरणीय; ठोस बनाने योग्य, पक्का करने लायक।

solidification n. सान्द्रीभाव, सान्द्रीकरण, संपिण्डन, घनीकरण, दृढ़ीकरण, कठिनीकरण, ठोस बनाना; घनत्व, ठोसपन।

solidified a. सान्द्रित, संपिण्डित, ठोस किया हुआ।

solidify v.t. & i. घन बनाना, ठोस करना या होना, दृढ बनाना, पक्का करना या होना, घना या मजबूत करना।

solidism n. घनत्ववाद, ठोसवाद, ऊतिघनत्ववाद (वह सिद्धान्त कि सभी रोग ऊतियोंकी घनताके कारण होते हैं)।

solidist n. घनत्ववादी, ऊतिघनत्ववादी, ठोसवादी।

solidity n. घनता, घनत्व; काठिन्य, कठिनता, अतरलता, सान्द्रता, ठोसपन, कठोरता, कड़ापन; सुदृढ़ता, मजबूती; शुद्धता, एकरूपता, एकसापन; प्रामाणिकता, साधारत्व, विश्वसनीयता, सचाई।

solidness n. घनपिण्डता; घनता, सान्द्रता, घना-कृतित्व; ठोसपन; समग्रता, सम्पूर्णता, अखण्डता, अविच्छिन्नता; दृढ़ाकारिता, कठिनता, कठोरता, अतरलता, अचलता, भारीपन, कड़ापन, टिकाऊपन; दृढ़ता, सुदृढ़ता, सुगठितता।

solidungular, -ate aa. ठोस खुर (सुम) वाला, घोड़ेकी जातिका।

solidus n. (pl. *-di*) सॉलिडस (एक रोमी मुद्रा)।

solifidian n. एकविश्वासवादी, (इस सिद्धान्तको माननेवाला कि मुक्ति विश्वासमात्रसे मिल जाती है)।

soliloquist n. स्वगतभाषी, स्वगतभाषणकर्त्ता, अपने-आपसे बातें करनेवाला।

soliloquize v. i. स्वगत भाषण करना, अपने-आपसे बातें करना।

soliloquy n. स्वगत, स्वगत वचन, स्वगत भाषण, स्वगत उक्ति, स्वगत कथन, आत्मभाषण, आत्मगत भाषण, आप ही आप बातें करना, खुदकलामी।

soliped १. n. ठोस खुरवाला पशु; २. a. ठोस खुरका, बिना चिरे हुए खुरवाला; घोड़ेकी जातिका।

solipsism n. अहंवाद, आत्मवाद, आत्मज्ञानवाद, सीमितज्ञानवाद।

solipsist[1] n. अहंवादी, आत्मवादी, आत्मज्ञानवादी, (यह सिद्धान्त कि भौतिक ज्ञान मिथ्या है)।

solipsist[2] a. अहंवादी, आत्मवादी, आत्मज्ञानवादी, भौतिक ज्ञानको मिथ्या माननेवाला।

solisequious a. (वन०) सूर्यानुसारी, सूर्यानुयायी।

solitaire n. निःसंग व्यक्ति; एकान्तवासी, वैरागी, संन्यासी; केवल एक रत्न या नगवाला आभूषण, कर्णफूल, बुन्दा; कमीजका एक नगवाला बटन; कमीजके कफोंके जुड़े हुए बटन; बिमन्दा, (पश्चिमी द्वीपसमूह और अमरीकाका एक प्रकारका गायक पक्षी); पटियापर गोलियोंसे खेलनेका एक व्यक्तिका खेल; एक व्यक्तिके खेलनेका ताशका एक खेल।

solitarian n. एकान्तवासी, संन्यासी, वैरागी, यती, साधु।

solitariness n. एकान्तता, ऐकान्तिकता, एकमात्रता,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

एकाकीपन, अकेलापन, विजनता, निर्जनता, निस्संगता, मित्रहीनता, सूनापन, तनहाई।

solitary १. n. एकान्तवासी व्यक्ति, एकान्तवासी योगी, यती, सन्यासी, वैरागी; २. a. एकान्त, एकान्तसेवी, एकान्तवासी, एकल, एकाकी, मित्रहीन, निःसंग, एकचर, संगहीन, निर्जन, विजन, असहाय, निभृत, विविक्त, सुनसान, एकमात्र, केवल एक, अकेला रहनेवाला, अकेला, एक ही (*a ~ life, valley*); परित्यक्त; ~ ants, bees, etc. एकान्तजीवी पिपीलिका, चींटा या मधुमक्खी; ~ confinement एकान्त संरोधन, एकान्त बन्दीकरण, एकाकी कारावास, नजरबन्दी, एकान्तवासका दण्ड, तनहाईकी सजा।

solitude n. एकाकीपन, एकमात्रता, एकान्तता, ऐकान्तिकता, अकेलापन; निःसंगता, सूनापन; एकान्तवास, शून्य स्थल, एकान्त, सूना स्थान, निर्जन स्थान, सुनसान।

solivagant a. एकान्तचारी, एकाकी पर्यटक, अकेला घूमनेवाला आवारा।

solivagous a. = SOLIVAGANT.

sollar n. छदि-कक्ष, छतका कमरा।

sollecito adv. सावधानीसे, होशियारीसे; विचारतः, विचारपूर्वक, सोच-समझकर; युक्तियुक्तता, यथातथ्येन, समुचितरूपेण, ठीकमठीक, ठीक ढंगसे।

solleret n. पाद-कवच।

solmizate v.t. & i. सरगम सुनाना, स-रे-ग-म-प-ध-नीका अभ्यास करना।

solmization n. सरगम बोलना, स-रे ग-म-प-ध-नीका अभ्यास।

solo n. (pl. *-s*) एक ही व्यक्तिके द्वारा गाये या बजाये जाने योग्य कण्ठ्य या वाद्य गीत, एकक संगीत, सोलो (*~ passage*); एक प्रकारका ताशका खेल; अकेले खेलनेके दूसरे खेल; उपर्युक्त एकाकी खेलमें पाँच हाथोंको जीतनेकी घोषणा या खेल; (विमानचालन) एकाकी उड़ान, निस्सग उड़ान, अकेली उड़ान; (a. & adv.) एकाकी, निस्संग, अकेला, अकेलेमें, तनहा (*a ~ flight*)।

soloist n. एक संगीतकार या वादक, सोलो गाने या बजानेवाला।

Solomon n. सुलेमान, बुध, सयाना आदमी।

solstice n. अयन, अयनसन्धि, अयनकाल, (उन दो समयोंमेंसे कोई एक जब कि सूर्य भूमध्यरेखासे सर्वाधिक दूरी पर होता है और ऐसा प्रतीत होता है मानो वहीं रुक गया हो); सक्रान्ति, क्रान्तिकाल; (*solstitial point* भी) उत्तरी या दक्षिणी अयन-सीमा, अयनान्त, अयनबिन्दु; summer ~ कर्क संक्रान्ति, उत्तरायण; २१ जूनके आस-पास; winter ~ मकर संक्रान्ति, दक्षिणायन; २२ दिसम्बरके आसपास।

solstitial a. अयनकालिक, अयनान्त-सम्बन्धी, अयनान्त (*~ point*)।

solubility n. विलेयता, घुलनशीलता, गलाव, घुलाव; ~ apparatus, ~ curve, ~ effect, ~ product, ~ vessel.

soluble a. विलेय, द्राव्य, द्रवणीय, घुलनशील, गलाने योग्य, घुलने-घुलाने योग्य (*~ constituents, starch*); समाधानीय, समाधान करने योग्य, सुलझाने योग्य, हल करने लायक (*~ problem*)।

solubleness n. विलेयता, विलेयत्व, द्राव्यता, द्रवणीयता, घुलनशीलता, घुलनयोग्यता; समाधानीयता, समाधान किये जानेकी योग्यता, सुलझाये जानेकी योग्यता, हल करने लायक होना।

solum n. भूमि, मिट्टी, जमीन; भूभाग, भूखण्ड।

solus pred. a. एकाकी, निःसंग, संगहीन, अकेला (*enters king ~*)।

solute १. n. विलयित पदार्थ, द्रवित पदार्थ, घुलित पदार्थ, घुली हुई चीज; २. a. विलेय, विलयित।

solution १. n. (समस्या, प्रश्न, सन्देह, कठिनाई, पहेली आदिका) समाधान, साधन, सिद्धि, व्याख्या, विवृत्ति, उपपत्ति, फल, पूर्ति, सुलझाव, हल; उत्तर, पद्धति, जवाब, सूरत, तरीका; विलय, विलोप, विलोपण, द्रवण, गलन; ऐक्य-निवारण, पृथक्करण, अलगाव, संयोगका उन्मूलन, घुलाव; द्रवणावस्था, घुलनावस्था, घोल (*held in ~* etc.); द्रव, घोल, योग, घुला हुआ तरल और ठोस या गैस पदार्थ (*a ~ of alum*); विलयन, द्रवण, गलन, घुलनेकी क्रिया; (पूर्ण-रूप *rubber ~*) रबर-घाल, सुलेशन, सलूशन; मुक्ति, मोक्ष, छुटकारा; भेदन, भेद, टूट-फूट; २. v.t. रबड़के घोल (सुलेशन) या एक प्रकारकी गोंदसे लेप करना, ढँकना, गोंद चढ़ाना; mechanical ~ यान्त्रिक घोल (जिसमें रासायनिक परिवर्तन न हो); ~ of continuity (शल्य०) अंगच्छेदन, स्नायुओंका पृथक्करण, सन्नद्ध अंगको काटकर अलग करना; strong ~ प्रबल विलयन, कड़ा घाल (जिसमें घुलनेवाले पदार्थका अंश बहुत हो); weak ~ दुर्बल विलयन, कोमल घोल (जिसमें घुलनेवाले पदार्थका भाग थोड़ा हो); *his ideas are in ~* अनिश्चित अवस्थामें, डाँवाडोल स्थितिमें।

solutionist n. व्यवसायी समस्यापूर्तिकर्त्ता, समाचार-पत्रोंकी पहेलियोंका पेशेवर हल करनेवाला।

solutive a. विलेय, घुलनशील, गलानेवाला, घुला देनेवाला; विरेचक, दस्तावर।

Solutrean, Solutrian a. पुराप्रस्तर-युग-सम्बन्धी, पूर्वपाषाणयुगीन।

solvability n. विलेयता, घुलनशीलता, समाधेयता।

solvable a. समाधेय, व्याख्यायोग्य, मीमांसायोग्य, सुलझाने योग्य, हल करने लायक; विलेय, घुलनशील।

solvableness n. समाधेयता, व्याख्यायोग्यता, मीमांस्यता, मीमांसायोग्यता, = SOLUBLENESS.

solve v.t. (समस्याका) समाधान करना, व्याख्या करना, मीमांसा करना, पूर्ति करना, उत्तर निकालना, सुलझाना, हल करना (*~ a problem*), (कठिनाईका) उपाय निकालना, रास्ता निकालना; (प्रा०) निवारण

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

करना, निर्बन्ध करना, दूर करना, सुलझाना, निपटाना, खोलना, ढीला करना, हटाना (*~ knot, tangle*); विलयित करना, घोलना।

solvency n. विलेयता, द्रवणता, घोलकता, द्रावण-क्षमता, घुलनशीलता; समृद्धता, ऋणशोध-क्षमता (*~ certificate*)।

solvent १. n. क्षीण करनेवाला साधन, गलानेवाली या घुलानेवाली वस्तु (*science as a ~ of religious belief*); विलायक, द्रावक पदार्थ, तरल पदार्थ या अन्य पदार्थ (*water is the commonest ~*); २. a. विलायक, द्रावक, घोलक, द्रावणक्षम, घुलनशील, गलाने-की या घुलानेकी शक्तिवाला; (ला०) विश्वासों या परम्पराओंके प्रभावको क्षीण करनेवाला; समृद्ध, सधन, शोधक्षम, ऋणशोधनक्षम, मालदार, ऋण चुकानेमें समर्थ।

solver n. समाधाता, व्याख्याता, मीमांसक, पूर्तिकर्ता, उत्तर निकालनेवाला, सुलझानेवाला, हल निकालनेवाला; उपाय निकालनेवाला, रास्ता निकालनेवाला; निवारक, निर्बन्धक, सुलझानेवाला, ढीला करनेवाला, हटानेवाला।

soma n. शरीर, देह, तन।

somaplasm n. देहरस, देहसार।

somatic a. कायिक, दैहिक, शारीरिक (*~ disorders, responses*)।

somatics n. = SOMATOLOGY.

somatology n. मानव-शरीर-शास्त्र, मानव-शरीर-रचनाशास्त्र, देहविज्ञान।

somatome n. = SOMITE.

somatoplasm n. देहरस, देहसार।

somatotype n. देहाकृति, शरीररूप।

sombre a. श्याम, कृष्णवर्ण, तमसाच्छन्न, अन्ध, घोर अन्धकारपूर्ण, काला; मलिन, धूसर; मन्दप्रभ, निराश, खिन्न, निरुल्लास, शोकपूर्ण, उदास, धुँधला (*a ~ sky*)।

sombreness n. कृष्णवर्णता, अन्धकारपूर्णता, श्यामता, कालापन; मलिनता, धूसरता; खिन्नता; निरुल्ला-सता; धुँधलापन।

sombrero n. (pl. *-s*) (अमरीकामें बहुप्रचलित) चौड़े किनारेका नमदेका टोप।

sombrous a. (का०) मलिन, विषण्ण, उदास, खिन्न; काला; अन्धकारपूर्ण, अन्धकारमय, धुँधला।

some* १. a. कतिपय, कतक, अल्प, कुछ*, थोड़ा-सा, थोड़े-से (*drink ~ water*); कोई, किसी, किन्हीं (व्यक्ति या वस्तु) (*saw it in ~ book*); बहुतेरे, चन्द (*went ~ miles out of our way*); किस सीमा तक, किस हद तक, किसी कदर (*that is ~ guide, test, proof*); महत्त्वपूर्ण, कुछ बड़ा (*this is ~ war!*); (प्रायः बल देकर) कुछ तो, थोड़ी-सी तो, जरा भर, तनिक (*do have ~ mercy on our nerves*); लगभग, कोई, करीब (*waited ~ 20 minutes*); २. adv. (ग्रा०) कुछ अंशमें, कुछ और, थोड़ा-बहुत (*he seemed annoyed ~*); ~body कोई व्यक्ति, कोई आदमी, कोई, (pl. *~bodies*) महत्त्वपूर्ण व्यक्ति, विशिष्ट व्यक्ति, खास आदमी; ~how येन केन प्रकारेण, किसी प्रकार, किसी कारणसे, किसी तरह, जैसे-तैसे (*he ~how dropped behind*); (बल प्रयोग करने-पर) किसी-न-किसी प्रकारसे (*must get it finished ~how*); ~ measure कुछ-न-कुछ; ~ one कोई विशेष (व्यक्ति या वस्तु), कोई भी (*choose ~ one place as a centre*); ~ picture ⊙ चित्र-जैसा कुछ; ~thing कुछ, कोई बात, कोई वस्तु, कोई चीज (*have ~thing to tell you*); adv. (ग्रा०) समान, कुछ वैसा ही, मिलता-जुलता (*shaped ~thing like a cigar*); (बोल०, *like* पर बल देते हुए) श्रेष्ठ, उत्तम, अच्छा, बढ़िया, बड़ा, क्या कहना है (*this is ~thing like a pudding*); ~ time adv. थोड़े समय, कुछ देर, थोड़ी देर (*have been waiting ~ time*); कभी, किसी समय, किसी वक्त (*must see him about it ~ time*); ~time a. & adv. (ग्रा०) एकदा, पूर्वकालमें, किसी समयमें, पहले (*was ~time mayor of Barnstaple*); ~ times adv. यदा-कदा, कभी-कभी, जब-तब, बाज वक्त, गाहे-गाहे (*have ~times thought*); ~way किसी उपायसे, किस ढंगसे, किस तरहसे; ~what (adv.) किंचित्, यत्किंचित्, अनिर्दिष्ट परिमाणमें, कुछ-कुछ, थोड़ा-सा, किसी कदर (*it is ~what difficult*); (pron. प्रायः) कुछ, कोई चीज (*found ~what to detain him*); ~-when (क्व०, कृत्रिम) कभी न कभी, किसी न किसी समय; ~where किसी स्थानमें, किसी जगह, कहीं, कहींपर (*lives ~where near us*); नरकमें भी, भाड़में (*will see him ~where*); ~whither (ग्रा०) कहींको, किसी जगहको; *and then* ~ ⊙ (अमरीकामें, ग्रा०) और उससे भी बहुत अधिक, बहुत काफी;

~ day, ~ measure, ~ part thereof, ~why, ~wise.

somersault, -set[1] १. n. कलाबाजी, डिगबाजी, पलटा, ढेंकली, गुलाँट (*double, treble, ~*); २. v. i. कलाबाजी खाना, ढेंकली लगाना, गुलाँट मारना।

somerset[2] n. गद्देदार काठी।

Somerset House n. लन्दनका मालगुजारीका दफ्तर, सॉमरसेट हाउस।

somite n. देहभाग, तनूखण्डक।

somnambulant a. स्वप्नसंचरणशील, स्वप्नाचारी, ऊँघमें घूमनेवाला।

somnambulate v. i. (क०) निद्राभ्रमण करना, स्वप्नमें चलना, ऊँघमें घूमना।

somnambulation, -lism n. निद्राभ्रमण, निद्राटन, निद्राचार, स्वप्नचारिता, स्वप्नसंचरण, स्वप्नाचरण, स्वप्नाटन, ऊँघमें चलना-फिरना; निद्राभ्रमणकी चित्तवृत्ति, स्वप्नसंचरणकी (मस्तिष्ककी) अवस्था।

somnambulist n. निद्राचर, स्वापचारी, स्वप्न-संचरणकर्त्ता, स्वप्नाचारी, ऊँघमें चलनेवाला।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

somnambulistic a. निद्राभ्रमण-विषयक, स्वप्न-संचरण-सम्बन्धी; स्वप्नचारी।

somnifacient a. & n. स्वापजनक (ओषधि), निद्राजनक (ओषधि), नींद लानेवाली (दवा)।

somniferous a. सुप्तिकारक, निद्राकर, निद्राजनक, नींद या ऊँघ लानेवाला।

somnific a. स्वापकारी, निद्राजनक, नींद लानेवाला।

somniloquism n. स्वापालाप, स्वाप-संलाप, निद्राप्रलाप, नींदमें बड़बड़ाना।

somniloquist n. निद्राभाषी, स्वापालापी, निद्रा-संलापी, निद्राप्रलापी, नींदमें बड़बड़ानेवाला।

somniloquous a. स्वापालापी, स्वाप संलापी, निद्राप्रलापी, नींदमें बड़बड़ानेवाला।

somniloquy n. = SOMNILOQUISM.

somnipathist n. क्रिद्रोपचारी, ऐन्द्रजालक; इन्द्रजाल-सुप्त व्यक्ति, मन्त्रसुप्त व्यक्ति, जादूसे सोया हुआ व्यक्ति, मेसमरेजिमसे बेहोश आदमी।

somnipathy n. निद्रोपचार; इन्द्रजाल-स्वाप, मन्त्र-सुप्ति, जादूकी नींद, मेसमरेजिमकी बेहोशी।

somnolence, -cy nn. तन्द्रालुता, तन्द्राच्छन्नता, तन्द्रिलता, निद्रा, निद्रालुता, नींद, निदास, ऊँघास, ऊँघ, उनींदापन।

somnolent a. तन्द्रालु, तन्द्रा या निद्रा जनक, निद्राप्रवण, निद्रालु, निद्रालस, निंदासा, ऊँघता हुआ, उनींदा; (निदान०) तन्द्रिल, अर्धसुप्त।

somnolescent a. अर्धसुप्त।

somnolism n. अस्वाभाविक निद्रा, सम्मोहिनी निद्रा, वशीकरणकी नींद, जादुई नींद।

son* n. आत्मज, नन्दन, तनय, सुत, पुत्र*, कुमार, बेटा*, लड़का, पूत, बच्चा; वंशज, वंशधर, सन्तान, औलाद (*~s of Abraham*); (प्यारमें) वत्स, तात, बेटा, लाल, भइया; अनुयायी, शिष्य, उत्तराधिकारी, गुणानुवर्ती, गुणानुगामी, गुणयुक्त (*~ of toil, ~s of light*); किसी देशका अधिवासी, मूलवासी, बाशिन्दा; ~-in-law जामाता, दामाद, जमाई; ~ and heir पुत्र एवं उत्तराधिकारी; ~ of God ईसा; ~ of Mars सैनिक, सिपाही; ~ of the soil देशवासी, अधिवासी, भूमिधर, धरतीका लाल, ग्रामीण, देहाती, गाँववाला; The S~ of Man (न्यू टेस्टामेण्टमें) ईसा मसीह; (ओल्ड टेस्टामेण्टमें) आदमकी सन्तान; the ~s of men मानव-जाति।

sonance n. = SONANCY.

sonancy n. ध्वनिपूर्णता, स्वनता, निनादत्व, शब्दायमानता, उच्चारणत्व, आवाज।

sonant १. n. स्वन, निनादी या शब्दायमान ध्वनि या वर्ण; २. a. स्वनयुक्त, ध्वनिपूर्ण, निनादी, स्पष्ट-ध्वनित, शब्दायमान, सुरीला, आवाजदार।

sonantal a. स्वनमय, निनादी, शब्दायमान, ध्वनिपूर्ण, आवाजदार।

sonata n. यान्त्रिक सुर, प्यानोका एक राग, सोनाटा।

sonatina n. SONATA का सरल अथवा संक्षिप्त रूप, छोटा राग, सोनाटिना।

song* n. गीत*, पद, गेय लघु कविता, गीति-कविता, गान, गाना*; अन्त्यानुप्रासयुक्त कविता, तुकापेक्ष कविता, तुकवाली कविता; पद्य, कविता, छन्द; कण्ठ्य संगीत, गायन, राग, गायकी, तराना, नगमा (*burst forth into ~*); पक्षीगायन, चिड़ियोंकी सुरीली ध्वनि, चहकना, चहचहाहट (*~-birds*); तुच्छ वस्तु; S~ of S~s, S~ of Solomon सुलेमानके गीत; *bought, sold, it for a ~* or *an old ~* कौड़ियोंके मोल खरीदा या बेचा; *nothing to make a ~ about* बहुत ही क्षुद्र बात, मामूली-सी चीज़।

songful a. गानयुक्त, गीतमय; गीत-सदृश, गानेकी भाँति, संगीतमय, सुरीला; मधुर, सरस, मीठा।

songless a. गीतरहित, रागहीन, कण्ठहीन, अकण्ठ, बेसुरा; नीरस, फीका।

songster n. गायक पक्षी, गानेवाली चिड़िया; गायक, गवैया, गानेवाला; कवि, गीतकार।

songstress n. गायिका, गानेवाली; कवयित्री, गीतलेखिका।

sonic a. स्वनीय, ध्वनितरंगीय, ध्वनितरंग-विषयक, ध्वनितरंग-सम्बन्धी, सुरका।

soniferous a. निनादी, शब्दायमान, ध्वनिजनक, स्वनोत्पादी, आवाज उत्पन्न करनेवाला।

sonless a. निःसन्तान, सन्तानहीन, अपुत्र, पुत्रहीन, निपूता, बेऔलाद।

sonnet n. चतुर्दशपदी कविता, एक प्रकारकी चौदह पंक्तियोंकी कविता, सॉनेट; (अब क्व०) कोई छोटा गीत, गीति।

sonneteer १. n. चतुर्दशपदी-कविता-लेखक, सॉनेट-कार, सॉनेटबाज; २. v.t. & i. चतुर्दशपदी कविता लिखना, सॉनेट कहना, सॉनेटमें अभिव्यक्ति करना।

sonny n. लड़केको प्रेमसे बुलानेका शब्द, वत्स, बच्चा; बेटा, भइया छोरा, सन्नी।

sonometer n. ध्वनिमान, स्वनमापी, ध्वनिमापित्र, ध्वनिमापक यन्त्र, सोनोमीटर।

sonorescence n. निनादिता, शब्दकारिता, स्वनता, ध्वनि-जनकता, आवाज करना।

sonorescent a. निनादी, शब्दकारी; स्वनोत्पादी, ध्वनि-जनक, आवाज करना (जैसे, चमड़ा या रबड़)।

sonorific a. = SONIFEROUS.

sonority, sonorousness nn. उच्च घोष, गम्भीर नाद; स्वनत्व, मुखरता, निनादिता, गरज, गूँज; माधुर्य, मंजुलता; स्पष्टता; शब्दाडम्बरपूर्णता।

sonorous a. घोषपूर्ण, उच्चशब्दकारी, गर्ज़नकारी, गरजनेवाला, गरजता हुआ, बुलन्द आवाजका; मुखर, निनादी, सनाद, सस्वन, प्रतिध्वनिपूर्ण, गुंजायमान; मधुर, मंजुल, सुरीला; स्पष्ट, परिस्फुट; ओजस्वी, प्रभावशाली, शब्दाडम्बरपूर्ण, गर्जनपूर्ण, तड़क-भड़कदार, जोशीला (भाषण, शैली आदि)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

sonorousness n. दे० SONORITY.

sonship n. आत्मजता, पुत्रत्व, बेटापन।

sonsy a. स्थूल, मोटा; विनीत, सरल, सहज, नम्र, विनम्र।

soojee n. सूजी।

soon adv. सत्वर, झटिति, अचिरात्, शीघ्र, अविलम्ब, बिना विलम्ब, तुरन्त, अभी, झटसे, झटपट, जल्द, जल्दी से, थोड़ी देरमें, फौरन (*shall ~ know the result*); स्वेच्छासे, इच्छापूर्वक, खुशीसे (*I would just as ~ stay at home*); पहले, तड़के, सवेरे, जल्दी (*what makes you come so ~?*); *as ~ as* जिस क्षण, ज्योंही, जैसे ही; *no ~er than* ज्योंही; *no ~er said than done* कहते देर लगी करते नहीं, बात मुँहसे निकलते ही पूरी हो गयी; *~er or later* कभी न कभी, देर-सवेर।

soot १. n. कज्जल, काजल, कालिख, कलौंस; २. v.t. कालिख पोतना, कालिख लगाना; *~-cancer, ~-wart* मुष्कव्रण, अण्डकोषका नासूर रोग।

sooterkin n. (प्रा०) मिथ्या प्रसव; (ला०) असफल योजना।

sooth n. (प्रा०) तथ्य, यथार्थता, वास्तविकता, सत्य, सत्यता, सचाई, हकीकत; *in (good) ~* सत्यतः, निश्चय ही, वास्तवमें, सचमुचमें।

soothe v.t. (पीड़ाको) शान्त करना, न्यून करना, (दर्द) धीमा करना, कम करना, घटाना, नरम करना, मिटाना; (व्यक्ति, स्नायुओं, आवेगों या उत्तेजनाओंको) प्रशमित करना, शान्त करना, तुष्ट करना, ठण्डा करना, ठण्डक पहुँचाना, ढाढ़स देना; (किसी व्यक्तिको) मुँहदेखी बात कहना, चुपड़ी बातें करना, चापलूसी करना, खुश करना; चुमकारना, पुचकारना।

soother n. प्रशामक, उपशमक, सान्त्वनकर्त्ता, शान्तिकारी, शान्त करनेवाला, ढाढस देनेवाला; चाटुकार, चापलूस; बच्चेके चूसनेके लिए रबरकी चुसनी।

soothfast a. (प्रा०) सत्यनिष्ठ, धर्मसन्ध, दृढ़, पक्का।

soothing १. n. प्रशमन, उपशमन, निर्वापण, सान्त्वन; २. a. शमक, शान्तिकर, तापहर, सान्त्वक।

soothsay v. i. भविष्यवाणी करना, आगेकी बात बताना।

soothsayer n. भविष्यवक्ता, मौहूर्तिक, दैवज्ञ, ज्योतिषी, जोशी, नजूमी।

soothsaying n. भविष्यकथन, मुहूर्त्त-चिन्तन, ज्यौतिष।

sootiness n. कज्जलमयता, कालिख।

sootless a. कज्जलरहित, बिना कालिखका।

sooty a. कज्जलयुक्त, धूमिल, कालिखसे भरा हुआ, धुएँदार, काला, कालिखवाला।

sop १. n. पिण्ड, अन्न, पिष्टक खण्ड, शोरवेमें भीगा हुआ रोटीका टुकड़ा आदि, तर टुकड़ा; किसी खतरनाक पशु या मनुष्यको परचानेके लिए दी गयी वस्तु; उत्कोच, घूस; २. v.t. & i. (रोटी आदिको शोरवेमें) डुबोना, भिगोना, तर करना; (तौलियाका) पानी सोखना, पूरी तरह भिगोना; पूरी तरह भीग जाना, तर होना, सराबोर होना (*am ~ping with rain*); *~ in the pan* तली हुई डबल रोटी।

soph n. = SOPHISTER.

sopherim n. (यहूदी शास्त्रके) टीकाकार।

sophiology n. वैचारिकी, विचार-विज्ञान, विचार-शास्त्र, विचार-विद्या।

sophism n. आभास, सत्याभास, युक्त्याभास, हेत्वाभास, मिथ्यातर्क, कुतर्क, कूटतर्क, वाक्छल, मिथ्यावाद, मिथ्याहेतुवाद, धोखा, लपेट, पेच, चक्कर।

sophist n. हेत्वाभासवादी, मिथ्यातार्किक, कुतर्की, कूटतार्किक, वाक्छली, वितण्डावादी, झूठी दलीलसे धोखा देनेवाला; तार्किक, प्राचीन ग्रीकके दर्शन तथा अलंकार या भाषणशास्त्रके सवैतनिक शिक्षक, वेतनभोगी अध्यापक।

sophister n. स्नातक, ग्रेजुएट।

sophistic, -al a. कूटतर्क-विषयक, कुतर्क-सम्बन्धी; कूटतर्कात्मक, हेत्वाभासरूप, आभासात्मक, कुतर्कपूर्ण, मिथ्या, धोखेका, झूठा, गलत।

sophisticalness n. कूटतर्कविषयकता, कुतर्क-सम्बन्धिता; कूटतर्कात्मकता, हेत्वाभासरूपता, आभासात्मकता, कुतर्कपूर्णता।

sophisticate v.t. & i. कुतर्कके द्वारा किसी व्यक्तिको पथभ्रष्ट करना, भ्रान्त पथपर चलाना, गुमराह करना, बिगाड़ना; (किसी विषयमें) कूटतर्क या कुतर्कसे काम लेना, कुछका कुछ कर देना; (किसी व्यक्ति या वस्तुको) सादगी दूर करना, कृत्रिम या झूठा बनाना, खोटा बनाना, खराब करना; तर्क करनेके लिए (पाठ) विकृत कर देना, (पाठ आदिको) परिवर्तित करना, गलत बना देना; कुतर्कका प्रयोग करना, झूठी दलील देना; (शराब आदि) दूषित करना, अपमिश्रित करना, मिलाना, मिलौनी करना, घालमेल करना।

sophisticated a. दूषित, भ्रष्ट, अपमिश्रित, व्यवहार-विद्, व्यवहारकुशल, दुनियादार; घाघ।

sophistication n. कुतर्कप्रयोग; बहकाव, भटकाव; विकृतीकरण, अशुद्धीकरण, भ्रष्टता, कपट, छल, धोखा, बिगाड़; व्यामिश्रण, अपमिश्रण, घालमेल, मिलावट, मिलौनी, खोट।

sophisticator n. पथभ्रष्टकर्ता, भ्रान्तपथनेता, गुमराह करनेवाला।

sophistry n. कूटतार्किकता, कुतर्किता, कुतर्कपूर्णता, वितण्डा, कुतर्क, भ्रान्तिपूर्ण तर्क, धोखाधड़ी।

sophomore ⊙ n. विश्वविद्यालयका द्वितीय वर्षका विद्यार्थी।

sophomoric ⊙ a. कालेज-विद्यार्थीका; = PRETENTIOUS.

Sophy n. (इति०) १६वीं-१७वीं शतीके ईरानी बादशाह (उनकी उपाधि), सूफी।

sopite v.t. मन्द करना, शान्त करना, सुलाना, अन्त करना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

soporiferous a. निद्राकर, निद्राकारी, निद्राजनक, स्वापकारी, नींद लानेवाली।

soporific १. n. निद्राकर ओषधि; २. a. आस्वापक, निद्रावह, निद्राकर, निद्राकारी, निद्राजनक, नींद लानेवाली।

soporose a. तन्द्रिल, तन्द्रालु, निद्रालु, सुआँसा, सोवाँसा।

soporous a. = SOPOROSE; तन्द्राजनक, स्वापजनक, निद्राजनक।

sopping १. n. आचूषण, आर्द्रीकरण, भिगोना, तर करना; २. a. आचूषी, भिगोनेवाला।

soppy a. सिक्त, आर्द्र, तर, भीगा हुआ; (बोल०) हेय-भावपूर्ण. घृणोत्पादक भावयुक्त।

sopranist n. उच्चकण्ठका गायक या गायिका. उच्चतम स्वीस्वरमें गानेवाली या बालकके स्वरमें गानेवाला।

soprano n. (pl. *-nos, -ni*) तीव्र स्वर, तार, स्त्रीका उच्चतम कण्ठस्वर, रमणी या बालकके कण्ठका उच्चतम स्वर।

sora n. एक अमरीकी पक्षी, सोरा।

sorb n. शैलभूर्ज, एक फलदार पेड़, सेवा।

sorbate n. शैलभूर्ज-लवण, शैलभूर्जिक लवण (SORBIC एसिडका नमक)।

sorbefacient a. & n. शोषणकारी (ओषधि)।

sorbet n. हिमजल, शर्बत।

sorbic a. शैलभूर्जिक *(~ acid)*।

sorbo n. छिद्रिल धृषि, सरन्ध्र रबर (नाम)।

sorcerer n. ऐन्द्रजालिक, मायाकर, अभिचारी, इन्द्र-जाल-प्रदर्शनकारी व्यक्ति, भूतसाधक, जोगी, सयाना, जादू-टोना करनेवाला, ओझा, जादूगर।

sorceress n. भूतसाधिका, जोगिनी, अभिचारिणी, जादूगरनी, ओझाइन।

sorcerous a. ऐन्द्रजालिक, भूतसिद्धि-विषयक, जन्तर-मन्तर-सम्बन्धी, जादू-सम्बन्धी।

sorcery n. इन्द्रजाल, भूतसिद्धि, अभिचार, जन्तर-मन्तर, ओझाई, जादू, जादूगरी, टोना।

sordes n. किट्ट, सीठी, छाँटन, अवर पदार्थ, तुच्छ पदार्थ, रद्दी चीज; त्यक्त पदार्थ, फेंकी हुई चीज; (बुखारमें) दशनमल, दन्तमल, दाँतोंका मैल।

sordid a. नीच, अधम, नीचकुलोत्पन्न, क्षुद्र, हीन, घटिया, कमीना; दुष्ट, कुत्सित, संकीर्ण, कृपण, ओछा, लोभी, कंजूस, सूम, खसीस; (वन०, जन्तु०, रंगोंका) कर्दमसिक्त, कीचड़से भरा; मलिन, अशुद्ध, मैला।

sordidness n. नीचता, अधमता, कमीनापन; संकीर्णता, कृपणता, ओछापन, कंजूसी; मलिनता, अशुद्धता, गन्दापन।

sordine n. ध्वनिनिरोधक यन्त्र या खूँटी।

sore १. n. व्रण, क्षत, घाव, जलन, छिलन, जख्म, फोड़ा-फुंसी; (ला०) क्लेश, दुःख, विपता, दुःखदायी स्मृति, कष्टप्रद चर्चा, मर्मभेदी बात, कसक, टीस; २. a. सरुज, रोगी, क्षतयुक्त, छिला हुआ, दुखता हुआ, सूजा हुआ, चोट खाया हुआ; स्पर्शासह, संवेदन, अत्यन्त कष्टकर, वेदनायुक्त, पीड़ाकर, दुखदायी, पीड़ादायक, दुखनेवाला *(has a ~ arm)*; मर्मभेदी, मर्मस्पर्शी, हृदयस्पर्शी, उत्तेजक, कष्टप्रद, असह्य, क्लेशजनक, प्रदाहयुक्त, वेदनायुक्त, उग्र, खिजानेवाला *(a ~ subject)*; (प्रा०, काव्य) चिन्ताप्रद, कष्टकर, दारुण, भीषण, क्लेशप्रद या दुःखदायी, कठोर, कड़ा, भारी, सख्त *(in ~ distress)*; व्यथित, चिन्तित, दुःखी, खिन्न, क्रुद्ध, खीजा हुआ, झल्लाया हुआ, चिड़चिड़ा, बिगड़ा हुआ *(is very ~ about his defeat)*; ३. adv. उत्कट रूपसे, अतिशय, बहुत बुरी तरह *(~ oppressed)*; *a sight for ~ eyes* मनोरम या नेत्रशीतलकारी दृश्य, आँखोंको ठण्डा करनेवाला दृश्य, बहुत ही सुन्दर; *like a bear with a ~ head* चिड़चिड़ा, झल्लाया हुआ; *made him ~ head* ⊙ उसे चिड़चिड़ा कर दिया; *touched him on a ~ place* मर्मस्पर्श करना, मर्मको छू देना।

sorel a. & n. = SORREL[2].

soreness n. क्लेश, पीड़ा, दुःख; कष्ट, मर्मस्पर्शिता, चिन्ता, जलन; चिड़चिड़ापन, झल्लाहट, खीज।

sorghum n. यवनालप्रजाति, ज्वार, चरी, (बाजरा और चीनी गन्ना आदि घासकी जातियाँ)।

soricine a. मौषिक, मूषक-विषयक, मूषक सम्बन्धी, चूहेका।

soriferous a. पुंजित, सपुंज, पुंजयुक्त, कलापमय, समूहयुक्त, झुण्डवाला।

sorites n. न्यायश्रेणी, तर्कशास्त्रकी धारावाहिक प्रतिज्ञा-परम्परा, शृंखलाबद्ध न्याय, कूटात्मक मालाकार तर्क, लगातार कूटतर्क, कुतर्कक्रम, कुतर्करूप; सक्षेपमाला।

soritical a. शृंखलाबद्ध न्याय-विषयक; कूटात्मक, कुतर्कक्रमपूर्ण।

sorn v.i. बलात् प्रवेश करना, हठपूर्वक प्रवेश करना, जबर्दस्ती घुसना; धरना देना।

soroptimist n. (महिला) रोटरी क्लबकी सदस्या।

sororal a. भगिनीवत्, बहन-जैसा; भगिनीका, बहनका।

sororate n. (जंगली प्रथा) सालीसे ब्याह।

sororicide n. स्वसाघात, भगिनी-हत्या, बहनकी हत्या।

sororise v. i. बहन बनाना, बहन-जैसा सम्बन्ध रखना।

sorority n. उपासनात्मक भगिनीत्व; (कालेज या विश्वविद्यालयमें) स्त्रियोंकी सस्था ⊙।

sorosis n. सरसाक्ष, फलपुंज, मुलायम गूदेदार फल (जैसे अनन्नास)।

sorra adv. (आयरलैण्ड, ग्रा०) नहीं, कभी नहीं, हर्गिज नहीं, बिल्कुल नहीं।

sorrel[1] n. अम्ललोणिका, एक प्रकारका शाक या वनस्पति, खट्टी भाजी, चुक्र, खट्टमिट्ठा चोका, लोनी।

sorrel[2] १. n. पाटलवर्ण, लाली लिये हुए बादामी रंग;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

उस रंगका पशु; (*sorel* भी) तीसरे सालका हिरन; चूका, खट्टा साग; २. a. पीताभ, पाटल, लाली लिये हुए बादामी रंगका।

sorriness n. दुःख, खिन्नता, खिन्नावस्था; घृण्यता, क्षुद्रता, तुच्छता, हीनता, असारता, हलकापन, घटियापन, बुराई, खराबी।

sorrow १. n. आपदा, विपदा, विपत्ति, आपत्ति, दुर्भाग्य, अभाग्य, संकट, शोकावसर, मुसीबत, परेशानी, आफत (*has had many ~s*); क्लेश, मनस्ताप, मनोवेदना, वेदना, व्यथा, शोक, चिन्ता, खेद, दुःख, सन्ताप, रंज, अफसोस, गम; क्रन्दन, विलाप, हाहाकार, रोना-पीटना (*his ~ was loud and long*); २. v. i. (*at, for, over* के साथ) खेद करना, विलाप करना, शोक मनाना, रोना, मातम मनाना; चिन्तित होना, चिन्ता व्यक्त करना, चिन्ता करना, दुःखी होना, खेद प्रकट करना, रंज करना, गमगीन होना;

~-beaten, ~-blinded, ~-laden, ~-melted, ~-stricken, ~-wasted, ~-worn.

sorrower n. विलापी, विलाप करनेवाला, मातम मनानेवाला।

sorrowful a. सशोक, शोकार्त, शोकाकुल, शोचनीय, शोकपूर्ण, चिन्तापूर्ण, अवसन्न, म्लान, विषण्ण, शोकग्रस्त, शोकातुर, उद्विग्न, खिन्न, दुःखित, दुःखी, गमगीन, उदास।

sorrowfulness n. शोचनीयता, शोकार्तता, चिन्तापूर्णता, खिन्नता; उद्विग्नता, अवसन्नता, दुःख, उदासी, गमगीनी।

sorrowing a. चिन्ता करता हुआ, खेद प्रकट करनेवाला, रंज करनेवाला; विलापी, शोकाकुल, शोकार्त।

sorry a. खिन्न, दुःखित, दुःखी, खेदयुक्त, असुखी, पछताऊ (*will be ~ for this some day*); (साहि०) घृणित, हेय, तुच्छ, क्षुद्र, नगण्य, हीन, हलका, निचली श्रेणीका, बुरा, खराब (*a ~ fellow, plight*)।

sort[1]* n. प्रकार* (*nothing of the ~*); (बोल० *an awfully good ~*); श्रेणी, वर्ग, प्रकार, जाति, समूह, समुदाय, जिन्स, किस्म, मेल (*biscuits of several ~*); (प्रा०) ढंग, रीति, प्रकार, भाँति, डौल, तौर, तरीका (*in seemly, courteous*, etc., ~); (मुद्र०) टाइपके साँचेका एक अक्षर या अंश; (मुद्र०) टाइपके साँचेके अक्षरोंमें ह्रस्व स्वर; *out of ~s* अस्वस्थ, निरुत्साह, खिन्न, क्रुद्ध, सुस्त।

sort[2] v.t. & i. श्रेणीविन्यस्त करना, वर्गोंमें विभाजित करना, अलग-अलग समूहोंमें बाँटना, अलग-अलग बाँटना; पृथक्करण करना, छाँटकर अलग करना, सजाना, लगाना, बीनना या छाँटना, चुन लेना, जोड़ना (*~ed out those of the largest size*); लगना, छँटना, जुड़ना, सजना; (प्रा०) अनुरूप होना, अनुकूल होना, मेल खाना, मुताबिक होना (*his actions ~ ill, well, with his professions*)।

sortable a. श्रेणीबद्धकरणीय, पृथक्करणीय, चुनने योग्य, छाँटने लायक।

sortation n. पृथक्करण, वर्गीकरण, श्रेणीयन, श्रेणी-विन्यास, श्रेणी-विभाजन, पृथकन, अलगाव, छाँट, छँटाई।

sorted a. पृथक्कृत, छँटा हुआ (*~ sweets*)।

sorter n. पृथक्कार, श्रेणीविन्यासकर्त्ता, वर्गोंमें बाँटनेवाला, छाँटनेवाला, चुननेवाला।

sortie n. अवरुद्ध सेनादलका हठात् बहिर्गमन, अवरुद्ध स्थानसे निर्गमन, धावा; अवपात, (विमानकी) उड़ान।

sortilage n. भाग्यनिश्चय।

sorting n. पृथक्करण, वर्गीकरण, छँटाई, छाँट (*~ department*)।

sortition n. पाँसा या लाटरी डालना, फेंकना।

sortment n. = SORTATION.

sorus n. राशि, ढेर।

S O S n. बेतारकी तारवर्कीमें घोर संकट या विपत्तिका संकेत (हम संकटमें हैं, सहायता करो); किसी खोये व्यक्तिको अपने मरते हुए सम्बन्धीको देखने आनेका रेडियो द्वारा प्रसारित अनुरोध या अपील; (परिवर्ति०) निराशापूर्ण चीत्कार या नैराश्यजनक कार्य।

so-so a. & adv. ऐसा ही, ठीक ही (है)।

sot १. n. अभ्यस्त मद्यप, मद्यासक्त, सदापानरत, पानासक्त, पानमूढ़, रोजका शराबी, पुराना या पक्का शराबी, पानव्यसनी, पियक्कड़, नशाबाज, नशाखोर, दारूबाज; २. v. i. मदोन्मत्त होना, मदिरा पीना, कसरतसे शराब पीना।

soteriology n. स्वास्थ्यविज्ञान, स्वास्थ्य-चर्चा।

sotnia n. सॉटनिया (रूसी कज्जाक सेना)।

sottise n. दुर्व्यवहार, अशिष्ट व्यवहार, असभ्य व्यवहार, मूर्खतापूर्ण व्यवहार, गँवारपना।

sottish a. पानोन्मत्त, पानासक्त, मत्त, पानमूढ़, मूर्ख, अचेतन, मदहोश, बेहोश, पियक्कड़, धुत्त।

sottishness n. मदोन्मत्तता, पानमूढ़ता, पियक्कड़पन, नशाबाजी, नशाखोरी, मस्ती, बेहोशी।

sou n. सू (फ्रांसीसी ताम्र-मुद्रा), दमड़ी।

soubise n. प्याजकी चटनी।

soubrette n. अभिनेत्री, तारिका, ऐक्ट्रेस; परिचारिका, सेविका, नौकरानी।

soubriquet n. कल्पित नाम, उपनाम, फरजी नाम, उर्फ।

soucar, sowkar n. साहुकार, महाजन।

souchong n. ताजी-ताजी पत्तियोंसे बनी हुई एक प्रकारकी काली चाय।

S(o)udanese n. & a. सूडानी, सूडान-सम्बन्धी; सूडानवासी।

souffle n. (औष०) हलकी-सी निरन्तर शब्दध्वनि (जो छाती या जरायुसे टंकार करनेपर आये)।

sough[1] n. नाला, मोरी।

sough[2] १. n. सरसर, सोटी, सनसनाहट, सायँ-सायँकी आवाज; २. v. i. पेड़ोंके बीचसे हवाके चलनेसे सायँ-सायँकी आवाज होना, सन्-सन् करना, सरसराना।

sought SEEK का भू० कृ०।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

soul n. आत्मा, शरीरात्मा, क्षेत्रज्ञ, देही, रूह (*immortality of the ~*); अन्तरात्मा, अन्तःकरण, आत्मा, चित्त, मन, विवेक, तबियत, (*his whole ~ revolted from it*); जीव, जीवात्मा, प्राण, प्राणीतत्त्व, सार, बुद्धि, बुद्धिवृत्ति, मति, मस्तिष्क, चैतन्य, चेतना, चिदात्मा, अक्ल (*keep body and ~ together*); प्राण, जीवनाधार, जीवनीशक्ति, बल, उत्साह, दिलेरी, हिम्मत, जान (*he was the life and ~ of the enterprise, of the party*); विभूति, आत्माएँ, मनीषा (*the greatest ~s of antiquity*); सप्राणता, सजीवता, स्फूर्ति, आत्मशक्ति (*the fellow has no ~*); (व्यक्तियोंके सम्बन्धमें) साक्षात् रूप, प्रतीक, प्रत्यक्ष रूप, उदाहरण, जीता-जागता नमूना, पुतला; गतात्मा, हुतात्मा, दिवंगतात्मा, मुरदा; प्रेतात्मा, शरीरहीन आत्मा; प्राणी, व्यक्ति, मनुष्य, जन (*not a ~ to speak to for miles round*); (परिचय, संरक्षण, अनुग्रह, घृणा आदिको प्रकट करते हुए *my good ~*); *commend* one's *~ to God* (मरते समय किसी व्यक्तिका) भगवन्मय होना, भगवान्‌से लौ लगाना; *is the ~ of honour* सम्मानका साक्षात् रूप है; *upon my ~* अपनी सौंह, अपनी कसम।

souled a. आत्मवान्, आत्मावाला।

soulful a. मर्मस्पर्शी, प्रभावशाली, भावनापूर्ण, भावपूर्ण, अनुभूतियुक्त, विचारपूर्ण, अर्थपूर्ण, भावव्यंजक।

soulfulness n. प्रभावशालिता, भावपूर्णता, अर्थपूर्णता, भावव्यंजकता।

soulless a. निष्प्राण, निर्जीव, निरात्मा, प्राणरहित, सजीवताहीन; निर्वीर्य, उत्साहहीन।

soullessness n. निष्प्राणता, निर्जीवता, आत्माहीनता, निष्प्रभता, निर्वीर्यता, नीचता; उत्साहहीनता, तेजहीनता।

sound[1]* १. n. ध्वनि-कम्पन, स्वरकी लहरें; निस्वन, स्वर, घोष, रव, ध्वनि*, निनाद, शब्द, आहट, आवाज, खटका; मानवीय ध्वनि (*vowel, consonant, ~s*); केवल शब्द (*~ and fury*); (ला०) मौखिक या वक्तव्य आदिसे उत्पन्न मानसिक प्रभाव, असर (*will have a queer ~*); (विज्ञान) ध्वानिकी; २. v.t. & i. ध्वनि निकालना, निनादित करना, बजाना, बजना (*the trumpets ~*); (ला०) प्रभाव डालना, लगना, मालूम पड़ना (*~s to me like something cracking*); (ढोल आदि) बजाना; प्रतिध्वनित करना, विख्यात करना, प्रसिद्ध करना, गुँजाना, नाम फैलाना (*~ his praises far and wide*); घण्टा इत्यादि बजाकर सूचना देना या घोषणा करना; उच्चारण करना (*the h in hour is not ~ed*); सूचित करना, चेतावनी देना, चेताना, बताना, खबर देना, आगाह करना (*~ a note of alarm*); परीक्षा करना; (रेलके पहियेको हथौड़ेसे ठोंककर) जाँचना; ~-proof ध्वनिसह, ध्वनिरोधी; ~-board, ~-box, ~ energy, ~-hole, ~ image, ~ locator, ~ photography, ~ post, ~ projector, ~ pulse, ~ quality, ~ ranging, ~ signals, ~ system, ~ test, ~-track, ~-wave.

sound[2] १. n. सर्जनकी शलाका या सलाई; २. v.t. & i. (औष०) मूत्राशय आदिकी शलाकाके द्वारा परीक्षा करना; बड़ी चेतनता या शान्तिसे किसी व्यक्तिकी मनोवृत्तियों या रुचियोंकी जाँच करना; जहाजके पेंदेमें की पानीकी गहराई नापना; (समुद्र, नली, नाला या हौजकी) गहराई नापना, तलहटीका पता लगाना, थाह लेना; (तापमान, नमी, दबाव आदिका) हिसाब लेना, आँकना; (मछलीका) गोता लगाकर समुद्रकी तहमें चला जाना।

sound[3] n. जलडमरूमध्य, आबनाय; मछलीका गलफड़ा; मस्तिक्षेपी।

sound[4]* १. a. अक्षत, सुस्थित, नीरोग, अरोगी, निरामय, स्वस्थ*, अविकल, बेरोग, चंगा, अच्छा, अच्छा भला, तन्दुरुस्त (*a ~ body*); समार; प्राज्ञ, सविवेक, यथार्थ, साधार, दृढ़ाधार, युक्तिसंगत, तर्कसंगत, न्याय्य, धर्म्य, अभ्रान्त, उपयुक्त, ठीक, सही, दुरुस्त (*~ doctrine*); निर्दोष, विशुद्ध; समग्र, पूर्ण, सारा, पूरा, अखण्ड, अभिन्न, समूचा; तीक्ष्ण, तीव्र; गम्भीर, अगाध, गाढ़, गहरा; (वाणि०, कम्पनी आदि सम्बन्धी) ऋणशोधनक्षम, अच्छी साखवाला, खरा, चोखा; निश्चिन्त (सोनेवाला); २. adv. सुखपूर्वक, चैनसे, खूब, गहरेमें (*~ asleep*); ~ argument, ~ conditions, ~ fruit, ~ health, ~ knowledge, ~ life, ~ mind, ~ policy, ~ views.

sounded a. ध्वनित, स्वनित।

sounder[1] n. (प्रा०) वराहयूथ, जंगली सुअरोंका झुण्ड, लहँड़ा; (कुछ प्रा०) जंगली सुअरका बच्चा।

sounder[2] n. ध्वनिता, बजनेवाला, बजानेवाला, चेतानेवाला (SOUND[1] के क्रियागत अर्थोंमें)।

sounder[3] n. गाधतामापक, थाह लेनेवाला, हिसाब करनेवाला (SOUND[2] के क्रियागत अर्थोंमें)।

sounding १. n. वादन, शब्दन; तलावगाहन, समुद्रकी गहराई नापना (SOUND[2] के क्रियागत अर्थोंमें); (pl.) समुद्रके किनारेके पासके स्थान (जहाँ गहराई नापी जा सके) (*be in, come into, ~s*); २. a. शब्दायमान, मुखर, निनादी; गहराई नापनेवाला।

soundless a. निःशब्द, ध्वनिहीन, अध्वनिक, ध्वनिरहित, शब्दहीन, मूक, बेआवाज; अगाध, अथाह, गहरा।

soundness n. स्वास्थ्य, आरोग्य, नीरोगता, निर्दोषता; अकाट्यता, तर्कपूर्णता; गम्भीरता, अगाधता; अखण्डता।

soup* n. जूष, रसा*, सुरुआ, शोरबा, झोल, सूप; (कानूनी प्रा०) छोटे बैरिस्टरको दिया गया अभियोजन-संक्षेप; ~-kitchen सदावर्तगृह, जूषशाला (जहाँपर गरीबोंको रसा मुफ्त बाँटा जाता है); ~-plate रसा निकालनेकी गहरी रकाबी; ~-ticket जूषशालाकी परची (जिससे गरीबोंको जूष मिलता है); *in the ~*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

विपदामें, कठिनाइयोंमें ।

soupy a. जूषपूर्ण, रसादार, रसीला, रसा-जैसा ।

sour v.t. & i. खट्टा होना, खट्टा करना, फाड़ना, (दूधका) फटना; सड़ाना; कठोर बनाना या होना, चिड़चिड़ा बनाना; २. a. शुक्त, अम्ल, खट्टा, चटपटा, तुर्श (~ *apples*); खट्टी खमीर-जैसी (गन्ध); नम, गीली, सीली (मिट्टी); कर्कश, कठोर, दारुण, दुश्शील, कड़ा, उग्र, क्रोधी, चिड़चिड़ा, तेज, सख्त, बदमिजाज (व्यक्ति या स्वभाव);

~ berry, ~-blooded, ~ bread, ~-breathed, ~ cherry, ~ dock, ~ dough, ~-eyed, ~-faced, ~ gourd, ~ grapes, ~ grass, ~ gum, ~-hearted ~ humus, ~ lime, ~ milk, ~-natured, ~ plum, ~-tempered, ~-tongued.

source n. स्रोत, उत्स, प्रभव, उद्भव, उद्गम, उद्गमसूत्र, सोता, निकास (*the ~s of the Nile*); आदिकारण, प्राप्तिस्थान, उत्पत्तिस्थान, उद्गमस्थान, मूल, हेतु, आदि, मूलकारण, मुख, जड़, (*the ~ of all our woes*); ~-book मूलग्रन्थ, आकर-ग्रन्थ, आदिग्रन्थ ।

sourdeline n. छोटा बीन बाजा ।

sourdine n. = SORDINE.

souring n. अम्ल या खट्टा होना; सिरका ।

sourish a. खट्टा-सा, चिड़चिड़ा-सा ।

sourness n. अम्लता, खटाई, खट्टापन, खटास; कर्कशता, उग्रता, चिड़चिड़ापन ।

soursop n. अम्ल सीताफल ।

souse १. n. नमकीन अचार, (सुअरके सिर, पाँव और कानोंकी) चटनी, लवणजल या सिरकामग्न मांसादि; गोता, डुबकी; बौछाड़; २. v.t. & i. अचार डालना (*~d mackerel*); अचारमें डालना; तरल पदार्थमें डालना या डुबोना, तर करना, सराबोर करना, भीगना, भिगोना, डूबना, डुबोना; मदोन्मत करना या होना; मारना, वार करना, आ पड़ना, टूट पड़ना, झपट्टा मारना; ३. adv. उद्दाम वेगसे, सिरके बल, बड़ी तेजीसे (*came ~ into our midst*) ।

soused a. (ग्रा०) मदमत्त, मतवाला, नशेमें चूर या धुत, पिये हुए ।

soutane n. (रोमन कैथलिक चर्च) पादरीका चोगा या उसके नीचे पहननेका तंग कपड़ा ।

souteneur n. स्त्री जीवी, स्त्रीमुखापेक्षी व्यक्ति, नार्याश्रित पुरुष (वह व्यक्ति जो स्त्रियोंके अनैतिक अर्जनपर निर्भर रहता है) ।

souter n. चर्मकार, मोची, चमार ।

souterrain n. अधःकक्ष, भूमिकक्ष, तहखाना, नीचेका कमरा ।

south* १. n. अवाची, दक्षिण*, दक्खिन; इंग्लैण्ड, स्कॉटलैण्ड, आयरलैण्ड, भारत या यूरोपका दक्षिणी भाग; दक्षिणी रियासतें (अमरीकाकी); २. v. i. दक्षिणकी ओर चलना या मुड़ना; (चन्द्रमा आदिका) किसी स्थानके ध्रुववृत्तको पार करना; ३. a. दक्षिणस्थ, दक्षिणी, दक्षिणवासी, दाक्षिणात्य, दक्षिणाभिमुख, दक्षिण, दक्षिण दिशाका; ४. adv. दक्षिणतः, दक्षिणकी ओर या समीप; ~ down n. & a. साउथ डाउनकी पहाड़ियोंकी एक जातिकी अच्छे मांसकी समझी जानेवाली भेड़ें; उन भेड़ोंसे सम्बन्धित; ~ east आग्नेय, दक्षिण-पूर्व; ~ west नैऋत, दक्षिण-पश्चिम; S~ Kensington साउथ केन्सिंग्टनके संग्रहालय, म्यूजियम या वहाँका संस्कृति एवं कला-सम्बन्धी वातावरण ।

southeaster n. अग्निकोणीय वायु, दक्षिण-पूर्वी हवा, दक्षिणी वायु ।

souther n. दक्षिणवात, दक्षिणपवन, दखिनहिया ।

southerliness n. दक्षिणायनता, दक्षिण-प्रवणता, दक्षिणाभिमुखता, दक्षिणकी ओर होना ।

southerly a. & adv. दाक्षिणात्य, दक्षिणायन, दक्षिण-प्रवण, दक्षिणाभिमुख, दक्षिणकी ओर; दक्षिणी, दक्षिणसे आनेवाली (वायु) ।

southern १. n. दक्षिणी, दक्षिणवासी, दक्खिनी; २. a. दाक्षिणात्य, दक्षिणस्थित, दक्षिणी, दक्षिणका; दक्षिणाभिमुख, दक्षिणमुखी, दक्षिणकी ओरका (*a ~ aspect*); ~most a. ध्रुवदक्षिण, धुरदक्षिण, बिल्कुल दक्षिणका; ~wood दक्षिणद्रु, नागदौना पौधा, एक सुगन्धित पत्तियोंवाला पौधा ।

southerner n. दक्षिणवासी, दक्षिणनिवासी, दखिनहा, दक्खिनमें रहनेवाला ।

southing n. दक्षिणगति, दक्षिणगमन, दक्षिणको मुड़ना; (नौवि०) दक्षिणान्तर, दक्षिणमें जलयात्रा करनेके कारण अक्षांशका अन्तर ।

southness n. दाक्षिण्य, दक्षिणता ।

southron १. n. (ग्रा० Sc.) दक्खिनी, इंग्लैण्डवासी, अँग्रेज; २. a. दक्षिणायन, दक्षिण-विषयक, दक्षिण-सम्बन्धी; इंग्लैण्डका ।

southwester n. दक्षिणपश्चिमी पवन; बरसाती टोप (जिसका पिछला किनारा चौड़े होनेके कारण गर्दनकी रक्षा करता है) ।

souvenir n. स्मारक, स्मृति-उपायन, स्मृतिचिह्न, स्मृति-उपहार, स्मरणचिह्न, अभिज्ञान, यादगार, यादके लिए दी हुई या रखी हुई चीज, निशानी; १९१४-१८ ई० के महायुद्धकी रक्षणीय वस्तु; अभिधान ।

sovereign १. n. सर्वसत्ताधारी, अधिपति, अधीश्वर, अधिराज, महाराजा, प्रभु, सम्राट्, बादशाह, सुलतान, शाहंशाह; (बोल०, संक्षि० *sov.*) अशर्फी, १ पौण्डका अँग्रेजी सोनेका सिक्का, सावरन; २. a. (गुण०) सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, सर्वसत्ताधारी, सर्वप्रधान, (~ *power, state*); उत्तम, बढ़िया (~ *remedy*); परम, उच्च, बड़ा (*with ~ contempt*) ।

sovereignty n. आधिपत्य, एकाधिपत्य, प्रभुसत्ता, स्वामित्व, पूर्णप्रभुत्व, प्रभुता, एकच्छत्रता, साम्राज्य, अधिराज्य ।

soviet, S- n. रूसदेशीय श्रमिकों तथा सैनिकों द्वारा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

निर्वाचित जिलेकी परिषद, पंचायत, सोवियट; प्रान्तकी परिषद; अखिल रूसकी प्रतिनिधि काँग्रेस।

Sovietism n. पंचायत तन्त्र, सोवियत राज्य; साम्यवाद।

sovietize v.t. रूसके नमूनेपर परिवर्तन लाना, रूसी बनाना; साम्यवाद लाना।

sovran a. (का०) = SOVEREIGN.

sow[1] n. बराही, शूकरी, सुअरी, सुअरनी; (*~-bug* भी) एक प्रकारकी लकड़ीकी जूँ; मुख्य हौद (जिसमेंसे पिघला हुआ लोहा इधर-उधरकी नालियोंमें ढलनेके लिए बहता है); इस हौदके लोहेका बड़ा पिण्ड; ~bread जल्दी फूल खिल आनेवाला कन्द, नलीदार पौधा; ~-thistle छोटे पीले फूलों और दूधिया रसवाला एक पौधा; *get the wrong ~ by the ear* किसी व्यक्ति या वस्तुपर मिथ्या आरोपित करना, गलत परिणामपर पहुँचना, गलत बैठाना, गलत जमाना।

sow[2] v.t. वपन करना, बोना, (बीज) डालना या बिखेरना, आरोपण या रोपण करना, बुवाई करना रोपना; पौधा लगाना, खेत लगाना; (ला०) फैलाना, फर्श सा बिछा देना; छींटना, छितराना; *must reap what you have ~n* जैसा बोया वैसा काटो।

sowar n. अश्वारोही, सवार।

sower n. वापक, बीजारोपक, बीजरोपणकर्त्ता, बोनेवाला।

sowing n. वापन, आरोपण, बुवाई, बोना;
~ drill, ~ horn, ~ machine, ~ seed.

sox⊙ n. pl. = SOCKS।

soy n. जापान और चीनमें सोयाबीनसे बनी हुई एक प्रकारकी चटनी।

soya, soy, -bean n. चीनमाष, दक्षिण-पूर्वी एशियाके छीमीदार पौधेका एक बीज, सोयाबीन (*~ oil, ~ meal*)।

sozzled a. मत्त, मद्यपीत, धुत, नशेमें, शराब चढ़ाये हुए।

spa n. खनिज-स्रोत(वाला स्थान), धातुस्रोत, खनिज जलका उत्सस्थान।

space[1]* n. देश; अन्तर, अन्तराल, दूरत्व, दूरी, स्थान, मैदान, जगह* (*separated by a ~ of 10 ft.*); नभोमण्डल, अन्तरिक्ष, शून्य आकाश, दिगन्तर, बीचकी जगह; विस्तार, फैलाव; (मुद्र०) शब्दोंके बीचका स्थान, अन्तर, गुंजाइश; शब्दान्तरमे लगाया जानेवाला टाइप, स्पेस; अवकाश, व्यवधान, मध्यवर्ती काल, समयका अन्तर, अन्तराल (*in the ~ of an hour*); ~ charge पर्याबेश; ~ lattice त्रिदिक् जालक; ~ relations देश-सम्बन्ध; ~-time (दर्शन०) देश-कालके सिद्धान्तका एकीकरण;
~ bar, ~ centrode, ~ charge, ~ key, ~ out, ~ perception, ~ structure, ~-travel, ~-writer, ~-writing.

space[2] v.t. & i. अन्तरपर रखना, दूरीपर रखना; समयान्तर देना, (छपाईमें) बीचमें स्थान रखना, दूरी रखना, फासलेपर रखना; टाइप रायटरमें शब्दोंके बीच रिक्त स्थान रखना, जगह बनाना (*don't forget to ~*)।

spaceless a. अन्तरहीन, अन्तरालहीन, बिना दूरीके; स्थानरहितः अवकाशरहित।

spacer n. अन्तरक, टाइप रायटरमें दूरी या अन्तराल ठीक करनेका यन्त्र।

spacial a. शून्य-विषयक, शून्यस्थानीय, शून्यस्थान-सम्बन्धी, शून्यस्थान-विषयक, अन्तर-विषयक, अवकाश-सम्बन्धी।

spacing n. अन्तरण, अन्तर, अन्तराल, अन्तर रखना, दूरी रखना, जगह देना या बनाना।

spacious a. प्रशस्त, विस्तृत, विस्तीर्ण, विशाल, फैलावदार, लम्बा-चौड़ा, खुला, गुंजाइशवाला।

spaciousness n. विस्तार, विस्तृति, फैलाव, लम्बाई-चौड़ाई, गुंजाइश।

spadassin n. साहसिक, लुण्ठक, लुटेरा, डाकू, ठग, बदमाश, चोर, लड़ाका।

spade* १. n. खनित्र, बेलचा, कुदाल, फावड़ा*; कुदाल या फावड़ेके आकारका एक औजार; (ताशमे) हुकुम; (pl.) हुकुमके पत्ते; २. v.t. कुदाल या फावड़ेसे भूमि खोदना; फावड़े-जैसे औजारसे हेल मछलीकी चर्बी निकालना; ~ bone कन्धेकी हड्डी; ~ husbandry कुदालकी खेती; ~-work (ला०) सभी ब्योरेका ध्यान रखते हुए आरम्भिक परिश्रम, कड़ी मेहनत; *call a ~ a ~* स्पष्ट रूपसे कहना, साफ-साफ बात कहना, लगी-लिपटी न रखना;
~-cut, ~-dug, ~ guinea, ~man, ~-shaped.

spadeful n. बेलचाभर, फावड़ाभर।

spadger n. (ग्रा०) SPARROW का विकृत रूप।

spadiceous[1] a. अवरक्त, हल्के लाल रंगका।

spadiceous[2], **spadicose** aa. उपकणिशीय, स्थूलमंजरीयुक्त, स्थूलमंजरी-सम्बन्धी, तालिकामय।

spadille n. (ताशमे) हुकुमका एक्का।

spadix n. (pl. *-ices*) (वन०) उपकणिश, स्थूलमंजरी, निदण्डिक, शूकक, छदशूकी, स्पैडिक्स, मांसल अक्षदण्डके चारों ओर पास-पास स्थित फूलोंकी शूकी या कण्टक।

spado n. षण्ढ, बधिया, प्रजननशक्तिहीन व्यक्ति, नपुसक व्यक्ति।

spae v.t. & i. भविष्यकथन करना, भविष्यवाणी करना, आगम बताना।

spaewife n. भविष्यवक्त्री।

spahi, -ee n. १४ वीं शताब्दीकी तुर्कोंकी अनियमित अश्वारोही सेनाका सवार, सिपाही; फ्रांसकी अल्जीरियाई अश्वारोही सेनाका सवार।

spake SPEAK का प्रा० भू० का०।

spall[1] n. खण्ड, अश, टुकड़ा, चैली, चिथड़ा।

spall[2] v.t. (हथौड़ेसे) खण्ड-खण्ड करना, भग्न करना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

टुकड़े करना, तोड़ना।

spalling n. समुत्खण्डन, टुकड़े-टुकड़े करना।

spalpeen n. (आयर०) क्षुद्र मनुष्य, नीच व्यक्ति, दुष्ट आदमी, गुण्डा, बदमाश, कमीना।

spalt a. भंज्य, भंजनीय, टुकड़े करने योग्य, तोड़ने योग्य।

spam n. एक अमरीकी मिठाई।

span[1] n. विस्तृति, वितति, वियाम, विस्तार, एक सिरेसे दूसरे सिरे तकका पूरा फैलाव; (*~ of a bridge*) दो आधारोंके बीचका पुलका प्रत्येक भाग; समय, अवधि, काल; अल्पकाल, कम अवकाश, अल्प अन्तर, कम दूरी (*our life is but a ~*); अर्धहस्त-परिमाण, बित्ता या बालिश्तकी लम्बाई = ९ इंच; पौधोंके उगाने या रखनेका शीशेका घर वा इसी प्रकारका छाया-मण्डप; (नौवि०) रस्सा, दोहरा रस्सा; (अमरीकी उपनिवेशमें) घोड़ों या खच्चरोंकी जोड़ी, बैलोंकी जोड़ी; ~-dogs अँकुड़ा; ~ new बिलकुल नया; ~ of memory स्मृति-विस्तार।

span[2] v.t. & i. (महराव इत्यादिका) एक ओरसे दूसरी ओर तक फैला होना, आर-पार फैलाना, फैलना; (ला०) (स्मृतिका समयपर) छाया होना, पार होना; (इंजीनियरका नदीपर) पुल बाँधना, पुल बनाना; जोड़ना, जोतना; (किसी वस्तुके) फैलावका अनुमान करना, अनुमानसे विस्तार बताना, नापना, जाँचना; बित्तासे नापना; (नौवि०) (पालकी बल्लियोंको) रस्सियोंसे घेरना; तितलीके पूर्वरूपकी भाँति फुदकते हुए चलना।

span[3] १. n. घोड़े या बैलोंकी जोड़ी; २. v.t. जोतना।

spanaemia n. रुधिरक्षय, रक्तक्षय, रक्ताल्पता, खूनकी कमीका रोग।

spancel n. (घोड़े इत्यादिकी) पश्चपाद-रज्जु, पिछाड़ी।

spandrel n. वियाम, स्फीति, महरावके किसी एक सिरे और उस चौखटेके बीचकी दूरी (जो उसके चारों ओर होता है) या दो समीपस्थ महरावोंके सिरों और चौखटेके बीचकी दूरी; ~ wall महरावके चापपर बनी दीवार।

spang[1] n. आघात, धक्का; उत्पतन, उछाल, कूद।

spang[2] v. i. साघात प्रक्षिप्त करना, धक्केसे फेंकना; उत्पतन करना, उछलना, कूदना।

spangle १. n. स्फुरत्शल्क, स्फुरत्खण्ड, वस्त्रोंपर टँका हुआ सितारा, धातुतारा, चमकी, पन्नीकी बिन्दी, टिकली, सलमा; कोई छोटी चमकती हुई वस्तु; (*oak-~*) बलूत या ओककी पत्तियोंपरका बहुछिद्रयुक्त और शोषणशील अर्बुद, बलूती सेब; २. v.t. रत्नखचित करना, सितारे टाँकना या लगाना, सलमा जड़ना।

spangler n. रत्नजटयिता, रत्नखचेता, रत्नखचित करनेवाला।

spangly a. सितारेदार, सलमे सितारेका, चमकीवाला।

Spaniard n. स्पेनवासी, इस्पानी।

spaniel n. लोमश क्षुद्र कुत्ता, शिकारी कुत्ता, स्पेनियल कुत्ता; (ला०) चापलूस, चाटुकार, खुशामदी आदमी।

Spanish १. n. स्पेनी भाषा, स्पेनिश; २. a. स्पेनका या स्पेनवासियोंका, स्पेनी; ~ fly चमकीला हरा कीड़ा, स्पेनी मक्खी; ~ main (इति०) स्पेनी समुद्रतट, ओरीनोको नदी और पनामाके बीचमें और कैरिबियन सागरसे मिला हुआ दक्षिणी अमरीकाका दक्षिण-पूर्वी तट; ~ windlass रस्सी कसने या पट्टी बाँधनेमें प्रयुक्त लकड़ीकी बँहगी या ढाँचा।

spank १. n. चूतड़ोंपर लगाये गये थप्पड़, तमाचा; २. v.t. & i. चूतड़ोंपर थप्पड़ या एँड़ मारना, थप्पड़ मारकर या कोड़े मारकर आगे बढ़ाना; (घोड़ेका) तेजीके साथ चलना।

spanker n. चूतड़ोंपर थप्पड़ मारनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); द्रुतगामी घोड़ा; (बोल०) बड़े आकार या गुणका व्यक्ति या पदार्थ, स्तम्भित करनेवाला, आँखें खोल देनेवाला व्यक्ति या पदार्थ; (नौवि०) अगला-पिछला पाल।

spanking १. n. चूतड़ोंपर थप्पड़ोंकी मार; २. a. चूतड़ोंपर थप्पड़ मारता हुआ, तेज दौड़ता हुआ आदि क्रियागत अर्थोंमें; (बोल०) महत्त्वपूर्ण, उल्लेखनीय, आकर्षक, प्रभावशाली, सर्वोत्तम, अत्युत्तम, बहुत अच्छा (*had a ~ time*); ३. adv. बहुत ही (*a ~ fine woman*); a ~ breeze जोरका झोंका या हवा।

spanless a. (का०) असीम, मापके परे।

spanner n. पुल या महराव आदिको आर-पार फैलानेवाला, पुल बाँधनेवाला, नापनेवाला, आदि (क्रियागत अर्थोंमें); विकुंच, पेचपर ढिबरी कसनेका औजार, रेंच; पुल इत्यादिकी कैंची; समानान्तर गतिमें चलनेवाले इंजिनके पुर्जोंको जोड़नेवाला डण्डा।

spar[1] १. n. दारुखण्ड, जहाजके मस्तूल आदिका मजबूत डण्डा; धन्नी, बेंडा, बल्ली; २. v.t. जहाजमें बल्ली लगाना, जहाजको बल्लियों द्वारा उथले पानीमेंसे निकलनेमें सहायता करना।

spar[2] n. आकरज, मणिभाकार खनिज-पदार्थ-विशेष, धात्विया, स्पार।

spar[3] १. n. मुष्टियुद्ध-प्रतियोगिता, मुष्टियुद्ध या मुक्केबाजीकी प्रतियोगिता, मुष्टियुद्ध, घूसमघूसा, मुक्केबाजीके पैंतरे, मुक्का, घूँसा; मुर्गोंकी लड़ाई; २. v. i. मुष्टियुद्ध करना, मुक्के चलाना, मुट्ठी बाँधकर हाथ मारना, मुक्केबाजीकी तरह हाथ चलाना, घूँसे चलाना; (ला०) वाग्युद्ध करना, विवाद करना, झगड़ना, तू-तू मैं-मैं करना [*they are always ~ring (at each other)*]।

sparable n. जूतेके तल्ले और एड़ियोंके लगानेकी बिना सिरेकी कील।

spare[1] १. n. मशीनका अतिरिक्त या फालतू पुर्जा; २. a. अतिरिक्त, आवश्यकतासे अधिक, अवकाशका, फालतू, खाली (*how to use your ~ time*); सुरक्षित, अधिक और समय-कुसमयके लिए सहेजकर रखा हुआ (*always take a ~ cap*); अल्प, स्वल्प, परिमित, अबहुल, थोड़ा, सादा (*~ diet*); कृश, क्षीण, दुर्बल, दुबला-पतला (*man of ~ frame*); ~rib कटे हुए सुअरके सीनेमें पसलियोंके ऊपरका भाग;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ room अभ्यागतके लिए विश्राम-कक्ष ।

spare[2] v.t. & i. आवश्यकता न समझना, छोड़ना (*can not ~ him just now*); हाथ खींचना, कमी करना, बचा रखना, छोड़ देना, बचा देना, उठा रखना, टालना (*~ the rod and spoil the child*); (प्रा०) (करनेसे) बचना, करना छोड़ देना, टलना, टालना, परहेज करना, बचना, बाज रहना; हत्या न करना, जान न लेना, (मारने, चोट पहुँचाने, घाव करने आदिसे) रुकना (*~ me*); उत्तेजित न करना, भावनाओंको ठेस न पहुँचाना (*~ his feelings*); दण्ड देनेसे निवृत्त होना, दण्ड क्षमा करना, माफ करना (*~ me these protestations*); मितव्ययी होना, परिमित व्यय करना, कम खर्च करना ।

spareness n. स्वल्पता, परिमितता; क्षीणता, कृशता, दुर्बलता, दुबलापन ।

sparer n. अनुमाता, नापनेवाला, जाँचनेवाला; बचत करनेवाला ।

sparge v.t. छींटा मारना, जल छिड़कना ।

sparger n. झारा, स्पार्जर (जल छिड़कनेका यन्त्र) ।

spargosis n. अंगशोथ; हाथीपाँव ।

sparing a. मितव्ययी, अल्पव्ययी, अमुक्तहस्त, कम-खर्च, किफायती ।

sparingness n. उपेक्षा, कमी, अल्पव्ययिता, कोताही ।

sparings n. बचत, बचतकी आय ।

spark[1] n. स्फुलिंग, चिनगारी; (विद्यु०) विद्युत्स्फुलिंग, बिजलीकी चिनगारी (*advance the ~*); अग्निकण, आगका छोटा-सा कण; (ला०) प्रतिभांश, आभांश, गुणका आभास, लव, झलक, चमक (*not a ~ of life remained*); लेश, लव, अणु; कान्ति, ज्योति, जोत, छोटा चमकीला पदार्थ या बिन्दु; (ला०) आशुबुद्धि, व्युत्पन्नमतिका चमत्कारी उद्भावन, सूझबूझका प्रकटीकरण या चमक; *as the ~s fly upward* प्राकृतिक नियमके अनुसार जैसे चिनगारियाँ ऊपर उड़ती है; *strike ~s out of* person मौलिक या सजीव वार्तालापके लिए किसी व्यक्तिको प्रेरित करना;

~-arrester, ~-discharge, ~ gap, ~ testing.

spark[2] v. i. विद्युत्स्फुलिंग निकलना, बिजली या आगकी चिनगारियाँ छूटना; (विद्यु०) विद्युत्कुण्डलीके मानबिन्दुसे चिनगारियाँ छूटना; ~ing-plug मोटर इंजिनमें स्फोटक मिश्रणको जलानेका बटन ।

spark[3] १. n. प्रसन्न व्यक्ति, प्रेमी जीव, रसिक जन, रसिया; रमणीरंजक पुरुष, नागर, बाँका, छैला, यार; २. v. i. प्रेमव्यापार करना, रसिक होना, छैला बनना, यार बनना, नजरबाजी करना ।

sparkish a. रमणीरंजक, प्रेमी, छैला, बाँका, रसिया, रँगीला; भड़कीला, चमकीला ।

sparkle १. n. स्फुलिंग, चिनगारी, दीप्ति, ज्योति, प्रभा, उज्ज्वलता, आभास, झलक, चमक, चमक-दमक; २. v. i. उत्स्फुरण होना, चिनगारियाँ निकलना, चिनगारी छोड़ना, (जवाहरातका) चमकना, जगमगाना, चमचमाना, दमकना, झलकना, कौंधना; (ला०) (आशुबुद्धिका) चमकना, तेजस्वी होना, प्रभावपूर्ण होना; भेद खोलना; ~ing wines जोशदार शराब ।

sparkler n. उत्स्फुरक, चिनगारी छोड़नेवाला, चमचमानेवाला, दमकनेवाला ।

sparkless a. स्फुलिंगरहित; ज्योतिहीन, कान्तिहीन ।

sparklet n. लघुस्फुलिंग, छोटी चिनगारी; सोडावाटर मशीनमें काम आनेवाला एसिडका आवेश या चार्ज ।

sparkling a. दीप्तिमान्, प्रभासित, प्रभासमान्, चमकदार, जगमग, दमकदार, चटकीला ।

sparring n. (मुष्टियुद्धमें) प्रारम्भिक मुष्टिप्रहार, मुक्केबाजीका अभ्यास; नोकझोंक, झड़प; ~ partner मुक्केबाजी सीखनेमें सहायक ।

sparrow n. कुलिंग, चटक, छोटी सादा रंगकी चिड़िया, गौरैया; ~-hawk चटक-श्येनक, गौरैयाका शिकार करनेवाला छोटी जातिका बाज, बाशा, चिप्पख ।

sparry a. मणिभाकार, धात्वियायुक्त, बिल्लौरी, स्पारयुक्त ।

sparse a. विरल, अनिविड़, दूर-दूर बसा हुआ, बिखरा हुआ, पतला, छुटपुट, फैली-फूटी, छितरी (आबादी आदि); (वन०, जन्तुवि०) अव्यवस्थित, अक्रम, अनियमित, दूर-दूर, छितरा ।

sparseness, sparsity n. विरलता, अनिविड़ता, पतलापन, बिखरा-बिखरापन ।

spartacist n. क्रान्तिकारी, क्रान्तिवादी (जर्मन) ।

spasm n. उग्र पेशी-आकुंचन, पेशी-संकोचन, अंग-संकोच, अंगग्रह, आक्षेप, आकर्ष, खिंचाव; आकस्मिक आवेग, ऐंठन, मरोड़, दौरा, धड़कन, जोर; (ला०) उद्वेष्टन, ऐंठन; टूटन (*~s of grief*, etc.) ।

spasmodic a. आकर्षी, उग्र पेशी-आकुंचनयुक्त, गृहीतांग, आक्षेपिक, आक्षेपजन्य, आक्षेप-निर्भर (*a ~ jerk*); आकस्मिक आवेगयुक्त, अन्तर देकर होने या किया जानेवाला, दौरेकी भाँति, कभी-कभीका (*~ effort*) ।

spasmology n. उग्र पेशी-आकुंचन-सम्बन्धी ज्ञान, आक्षेप-विज्ञान ।

spastic a. = SPASMODIC.

spat[1] १. n. बालशुक्ति, सीपदार मछलीका अण्डा; बच्चा; २. v.t. & i. (सीपदार मछलीका) अण्डे देना; बच्चे पैदा करना ।

spat[2] n. मुक्का, घूँसा; क्रूर स्वभाव ⊙; टंटा, झगड़ा ⊙; मदिराका एक घूँट ⊙ ।

spat[3] n. (प्रायः pl.) मोजेका गिलाफ ।

spat[4] SPIT[2] का भूत कृ० रूप ।

spatchcock १. n. झटपट मारा और पकाया गया पक्षी; २. v.t. (बोल०, तारमें) जल्दी-जल्दी (शब्द) लिखना, घसीट देना ।

spate n. नदीकी बाढ़ (*river is in ~*) ।

spathaceous a. पृथुपर्णात्मक, पृथुपर्णयुक्त, स्थूल-मंजरीयुक्त, स्पेदवाला ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

spathe n. (वन०) पृथुपर्ण, स्थूलमंजरी, शूकीछद, पुष्पगुच्छको आच्छादित करनेवाला वृहत् निपत्र अथवा निपत्रोंका युग्म, स्पेद ।

spathic a. धात्विया या मणिभाकार खनिज-विशेषके समान; SPAR[2] का ।

spathiform a. मणिभाकार, धात्विया-सदृश ।

spathose a. = SPATHIC.

spatial a. स्थान-विषयक, शून्यस्थानीय, शून्यस्थान-सम्बन्धी, अन्तर या अवकाश-सम्बन्धी (*~ relations*) ।

spatiality n. शून्यस्थानीयता, अन्तरयुक्तता, अन्तर, अवकाश, स्थान ।

spaticity n. उग्र पेशी-आकुंचनयुक्तता, गृहीतांगता, आक्षेपिकता, आक्षेपजन्यता, आक्षेपनिर्भरता ।

spatiotemporal a. देश और कालसे सम्बन्धित, दूरी और समयसे सम्बन्धित ।

spattee n. जुराबका गिलाफ ।

spatter १. n. कीचड़का छिड़कना या छींटना, छिड़कन, छितराव; छपछप या पटपटकी आवाज; २. v.t. & i. (तरल पदार्थ, कीचड़ आदिको) छिड़कना, छितराना, बिखेरना, कीचड़ आदिके छींटे गिराना, छींटे डालना या पड़ना; (किसी व्यक्तिपर) मिथ्या दोष लगाना, कुख्यात करना, दुर्नाम करना, झूठी बदनामी लगाना, कीचड़ उछालना, बदनाम करना; (तरल पदार्थकी) बूँदें इधर-उधर पड़ना, छींटे उड़ना; ~dashes (अब केवल *spats*) जुराबके ऊपरका गिलाफ ।

spatula n. = SPATULE; प्रलेपनी, रंगों इत्यादिको चलानेके लिए चौड़े फालका औजार, चपटा चिमटा; शल्यचिकित्सकका (जीभको दबानेका) स्रुवा, पत्ती ।

spatulate a. स्रुवाकार, चपटाकार, चिमटेके आकारका, चिमटे-जैसा ।

spatule n. पक्षि-पुच्छ, चिड़ियोंकी पूँछ ।

spavin n. सन्धिशोथ, घोड़ेके पिछले पैरके घुटनेके जोड़का रोग, बतौरी रोग, हड्डा, मोथरा; blood ~ खूनका लोथड़ापन (बीमारी); bone ~ हड्डीमें लोथड़े बन जानेकी बीमारी ।

spavined a. बतौरी रोगवाला, हड्डा या मोथरा रोगका रोगी ।

spawl[1] n. थूक, लार ।

spawl[2] v.i. थूकना, थूक चुआना, राल बहाना ।

spawn १. n. अण्डौघ, अण्डसमूह, मछली आदिके अण्डे; (अपमानके अर्थमें) मनुष्य या पशुके बच्चे, झोल; कवकजाल, श्वेत रेशेदार पदार्थ (जिससे कुकुरमुत्ते पैदा होते हैं) (*mushroom ~*); २. v.t. & i. (मछली, मेंढक, घोंघा आदिका) बच्चे पैदा करना, जनना, अण्डे देना; (घृणाके अर्थमें; मनुष्य या पशुका) बच्चे देना; (मछली इत्यादिके अण्डों या बच्चोंका) पैदा होना, पैदा किया जाना; ~ of Cobden दस्यु, स्वतन्त्र व्यापारी; ~ of the devil धूर्त जन, लुच्चे, गुण्डे, बदमाश लोग ।

spawner n. मादा मछली ।

spay v.t. बन्ध्य बनाना, बाँझ बनाना, ओझरी निकालना, अण्डकोष निकालना, बधिया करना ।

spaying n. अण्डाशय-अपनयन, अण्डाशयाकर्षण ।

speak v.t & i. उच्चारण करना, शब्द करना, बोलना (*child is learning to ~*); भाषण देना, व्याख्यान देना, लेक्चर या तकरीर देना, स्पीच देना; (*with, to, of, about*) वार्तालाप करना, बात करना, बातचीत करना,कहना (*have heard him ~ of it*); बोलनेमें (किसी विशेष भाषाका) प्रयोग करना,बोलना (*cannot ~ French*); सत्य प्रकट करना, (अपना मत) व्यक्त करना, प्रकट होना, व्यक्त होना; बात कह देना, बात बता देना; (प्रा०) (आचरण, परिस्थितियों आदिका) प्रकट करना, बताना; प्रमाणित करना, प्रमाण देना, प्रमाण होना, साबित करना, सबूत होना (*this ~s a little mind*); (एक जहाजका दूसरे जहाजको) अभिवादन करके बातचीत करना, पत्र-व्यवहार करना; किसी कृति या रचनामें उल्लेख करना; कुत्तेका भौंकना; (ला०) (वाद्ययन्त्रका) बजना; *nothing to ~ of* बस, कुछ भी उल्लेखनीय नहीं, कुछ कहने योग्य नहीं; ~ (person) *fair* मधुर भाषा बोलना, *~ for* प्रतिनिधिके रूपमें आचरण करना, किसीकी वकालत करना, किसीके पक्षमें कहना; *~ of* के बारेमें कहना, उल्लेख करना, जिक्र करना; ~ one's *mind* निर्भीकतापूर्वक कह देना, साफ-साफ बोल देना; *~ out* (*up* भी) अपना मत प्रकट करना; स्वतन्त्र होकर बोलना, खुलकर बोलना, साफ साफ बोल देना; *~ to* किसी प्रसगमें बात पूछना, निश्चय करना, बात पक्की करना; सम्बोधन करना; *~ volumes for, ~ well for* बहुत बड़ा प्रमाण होना, बड़ा सबूत होना, शहादत होना; अनुकूल होना, पक्षमें बहना, हकमें बोलना; *~ without book* स्मरणशक्तिसे ही तथ्योंका उल्लेख करना, बिना पुस्तककी सहायताके बताना ।

speakable a. भाष्य, भाषणीय, व्याख्येय, व्याख्यानीय; वार्तालापनीय, वार्तालाप करने योग्य, बातचीत करने योग्य; कहने योग्य, सही कहने योग्य ।

speaker n. वक्ता, वाग्मी, व्याख्याता, भाषणकर्त्ता, व्याख्यान या लेक्चर देनेवाला, तकरीर करनेवाला; अध्यक्ष, प्रधान, सभापति; ब्रिटेनकी लोकसभाका अध्यक्ष, स्पीकर ।

Speakership n. लोकसभाका अध्यक्षपद ।

speaking १. n. भाषण, बोलना, बातचीत (क्रियागत अर्थोंमें); ~ acquaintance बोलचाल तकका परिचय; २. a. बोलता हुआ; सजीव (*~ portrait*); ~ trumpet दूरभाष तूये; ~ tube दूरभाष नली; *not on ~ terms* बोलचाल बन्द है, खटपट है, मनमुटाव है ।

spear १. n. कुन्त, भाला, बर्छा, बर्छी, बल्लम, नेजा; (का०) भालेवाला, बर्छैबाज, बल्लमधारी; मछली मारनेका पैना और मुड़ी हुई नोंकका बर्छा; २. v.t. भालेसे मारना या बींधना, भालेसे छेदना, बल्लम घुसेड़ना; ३. v.i. पेड़के तनेका बर्छेकी भाँति लम्बा होना; ~man शूलधर,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

बल्लमधारी, शूली, बर्छैत, बर्छा चलानेवाला, बर्छैबाज; ~mint पर्णास, साधारण पोदीना; ~ side. पुत्रपक्ष, परिवारकी पुरुष शाखा; पुरुष, पुरखा;

~ crowfoot, ~ crystals. ~ end, ~ grass, ~head, ~ shaft, ~-shaped, ~wort.

spec n. (बोल०) सट्टेका व्यवसाय या कारोबार, सट्टा (*it turned out a good* ~); कल्पना अनुमान।

special* १. n. विशेषांक, विशेष परीक्षा, पुलिसका विशेष सिपाही, विशेष गाड़ी, स्पेशल ट्रेन; २. a. विशिष्ट*, विशेष*, विशेषित, असामान्य, असाधारण, खास, गैरमामूली (*lacks the ~ qualities required*); विशेष प्रयोजनके लिए, विशेष अभिप्रायके हेतु, खास मतलबका (*appointed ~ agents*); (*especial* के अर्थमें भी; कोटि, मात्रा, अधिकतामें) अपवादस्वरूप, अति, अत्यन्त, बहुत (*took ~ trouble*); ~ constable विशेष आरक्षी, विशेष सिपाही; ~ correspondent विशेष वार्ताका समाचार देनेवाला, विशेष संवाददाता; ~ delivery ⊙ एक्सप्रेस डिलिवरी; ~ edition समाचारपत्रका विशेषांक, विशेष संस्करण; ~ pleading (कानून) विशेष प्रतिपादना, विशेष अथवा नवीन तथ्यका अभिकथन, स्पष्ट किन्तु अनुचित अभियोग, किसी मामलेका बयान (जिसमें सत्यकी अपेक्षा वक्ताके दृष्टिकोणका समर्थन किया गया हो); ~ sense ज्ञानेन्द्रिय; ~ train विशेष गाड़ी, स्पेशल ट्रेन;

~ accommodation, ~ agent, ~ business, ~ concession, ~ duty, ~ facility, ~ form, ~ grace, ~ invitation, ~ issue, ~ jury, ~ licence, ~ list, ~ logic, ~ maintenance, ~ motion, ~ occasion, ~ officer, ~ pension, ~ privilege, ~ programme, ~ repairs, ~ survey, ~ trade, ~ verdict, ~ warrant.

specialism n. विशिष्टवाद, विशेषज्ञता।

specialist n. विशेषज्ञ, विशेषविद्, विज्ञ, विशेष जानकार।

specialistic a. विशिष्ट रूपका, विशिष्टता-सम्बन्धी।

speciality n. वैशिष्ट्य, विशिष्टता, विशेषत्व, विशेषता, विशेष गुण या योग्यता, विशेष धर्म या स्वभाव; असाधारणता, अनोखापन; (*especialty* के अर्थमें भी) विशेष अध्ययन या अनुशीलन, विशेष उत्पादन, विशेष उपचार विशिष्ट या लक्षित पदार्थ (*jam-making is our* ~)।

specialization n. विशिष्टीकरण, विशेषीकरण, विशेषीयण, विशेषोपयोजन, विशिष्टता; विशेषज्ञता।

specialize v.t. & i. विशिष्ट बनाना, असाधारण बनाना, विशिष्टीकरण करना, विशेषजातीय बनाना, एकजातीय बनाना, निर्दिष्ट करना, खास बनाना; (विचार, वक्तव्यको) परिसीमित करना, सीमाबद्ध करना, संयत करना; (प्राणि०) अनुकूल बनाना, किसी विशेष प्रयोजनके लिए (अंग आदिको) पृथक् करना, अन्तर प्रकट करना, अलगाना; विशेषज्ञ होना, विशेष योग्यता प्राप्त करना; विशेष होना, एकजातीय होना, पृथक्कृत होना, अलग होना, अलगाया जाना।

specialized a. विशेषित, विशेषज्ञता, विशेषोपयुक्त (~ *instruction*)।

specialty n. विशेष वस्तु, वैशिष्ट्यपूर्ण द्रव्य या विषय; (कानून) मुद्रांकित अधिकारपत्र, विसविदा, मुद्रांकित अनुबन्ध, मुहर-लगा प्रतिज्ञापत्र; SPECIALITY.

specie n. (pl. नहीं) टंक, कलधौत, स्वर्ण एवं रौप्य मुद्रा, सोने या चाँदीका सिक्का, नगद (*paid in* ~); रोकड़, नकदी, रुपया।

species n. (pl. वही) (प्राकृ० इति०) जातिमूल, जाति, उप-जाति, वर्ण, नस्ल, जिन्स; (तर्क) समान गुणोंके व्यक्तियोंकी श्रेणी; प्रकार, भेद, किस्म (*has a ~ of cunning*); (कानून) सामग्रीको दिया गया आकार, रूप, सूरत, शक्ल; (ईसा०) इयूकैरिस्ट (ईसा मसीहके अन्तिम भोजनकी स्मृतिमें रात्रिभोज) के समय पवित्र रोटी और मदिराके प्रत्येक तत्त्वका संगत रूप; the *or* our ~ मानवजाति।

specifiable a. निर्देशनीय, नामोल्लेखनीय, विशिष्टकरणीय, उल्लेखनीय; ध्यानमें रखने योग्य।

specific १. n. रोगनिवारक विशेष औषधि, विशेष उपचार, टोटका; २. a. निश्चित, विशिष्ट, विशेष, अद्भुत, असामान्य; व्यक्तिगत, निजी (*has a ~ style*); जातिगत, विशेष-जातिगुण-सम्पन्न, जातिका विशेषताओंवाला, वर्गतत्त्व सम्बन्धी (*the ~ forms of animals*); आपेक्षिक, विशेष विषय-सम्बन्धी, विशिष्ट विषयका; जातीय, जातिगत, विशेष जातिका (*the ~ name* of a plant etc.); स्पष्ट, निर्दिष्ट, ठीक; स्वतन्त्र, विभेदसूचक (*a ~ statement*); यथावत्, तथैव; (कर या महसूल आदि) इतना, इतना कुछ, इतनी मात्रामें वसूल किया गया; ~ charge आपेक्षिक विद्युत्‌राशि; ~ diagnosis जाति-वर्णना; ~ difference विशिष्ट अन्तर, विशेष भेद, खास फर्क;

~ aim, ~ authority, ~ distinction, ~ duty, ~ dyes, ~ education, ~ gravity, ~ heat, ~ legacy, ~ medicine, ~ name, ~ provisions, ~ remedy, ~ style, ~ treatment, ~ volume, ~ weight.

specification n. विशेष निर्देश, सविशेष उल्लेख, विशेष विवरण, असामान्य वर्णन; विशिष्ट निर्देशन या उल्लेखन; परिसंख्या, (इंजीनियर आदिके काममें मकान, सामान, कारागरी आदिका) विस्तृत ब्योरा, इमारतका नक्शा और लागतका हिसाब; (कानून) संविदा, ठहराव (आविष्कार-सम्बन्धी); (अपने आविष्कारकी बनावट और उसके प्रयोगके सम्बन्धमें पेटेण्ट करानेके प्रार्थनापत्रमें) प्रार्थी द्वारा दिया गया विवरण।

specificity, specificness nn. विशेषता, निर्दिष्टता, स्पष्टता, निश्चितता; विशिष्टता, जातिगुण-योग्यता, विचित्रता, खासियत।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

specified a. विशिष्ट, उल्लिखित, निर्दिष्ट (~ *period, area*)।

specify v.t. विशेषाभिधान करना, निर्देशित करना, स्पष्ट रूपसे ब्योरा बताना, विशेष रूपसे कहना, निर्दिष्ट करना, निश्चित रूपसे उल्लेख करना, नामका उल्लेख करना, ठीक ठीक बताना, वर्णन करना, बयान करना; सम्मिलित करना, शामिल करना (*a slate-course was not ~ied*)।

specimen n. प्रादर्श, आदर्श, निदर्शन, प्रतिरूप, प्रतीक, प्रतिनिधिरूप, उदाहरण, नमूना, मिसाल, बानगी (*~s of copper ore*);
~ entry, ~ form, ~ jar, ~ signature.

speciology n. जाति-विज्ञान, प्रजाति-विज्ञान, नस्लों-की साइंस।

speciosity n. सुन्दर बाह्य-दृश्य, सुन्दर बाहरी शोभा, बाह्य सुन्दरता, सुदृश्यता, सुन्दर रूप, चटकीलापन।

specious a. सत्याभास, आपातसुन्दर, बहिःरमणीय, बाह्यतः सुन्दर, सुदृश्य, ऊपरसे अच्छा, बाहरसे ठीक, दिखावटी, भड़कीला, चटकदार (*~ appearance*); ऊपर-ऊपरसे संगत या युक्तियुक्त (*~ argument*)।

speciousness n. सत्याभास, बाह्य सुन्दरता या बाहरी सुरूपता, भड़कीलापन; युक्तिसंगतता।

speck[1] १.n. कलंक, चिह्न, झाँई, छोटा धब्बा, अंक, दाग; अणु, लव, (धूलका) कण; बिन्दु, बूँद, छींट; फलमें सड़नका निशान या दाग; २.v.t. कलंकित करना, धब्बे डालना, दाग लगाना, चित्तीदार करना; छींटना, छींटें डालना।

speck[2] n. (अमेरिका और दक्षिणी अफ्रीक में) वसायुक्त मांस, सुअरका नमकीन मांस, शूकर-मांस, चर्बीदार गोश्त; वसा, ह्वेल आदि मछलियोंकी चर्बी।

speckle १. n. अंक, क्षुद्र चिह्न, छोटा दाग, चित्ती, बिन्दी, धब्बा; २. v.t. चिह्न बनाना, चित्ती बनाना, बिन्दियाँ लगाना, छोटे-छोटे दाग डालना, धब्बे डालना।

speckled a. चित्रविचित्र, चित्रांग, चित्रित, कलंकपूर्ण, धब्बेदार, चित्तीदार, चित्तैला, दागदार।

speckledness n. क्षुद्रचिह्नितता, क्षुद्रचिह्नयुक्तता, छोटी चित्तियाँ होना।

speckless a. कलंकहीन, बेदाग, साफ।

specs n. (pl.) (बोल०) उपनेत्र, ऐनक, चश्मा।

spectacle n. रूप, सूरत; दृश्य, अधिदृश्य, प्रदर्शनी, दृष्टिविषय, दर्शनीय वस्तु, कौतुक, नजारा (*a charming ~*); सार्वजनिक प्रदर्शन, खेल, स्वांग, तमाशा; (pl.) (*pair of ~s* या बोल० *specs* भी) उपनेत्र, ऐनक, चश्मा; *sees everything through rose-coloured ~s* प्रत्येक वस्तुका आकर्षक पक्ष ग्रहण करता है,

spectacled a. ऐनक लगाये हुए, चश्माधारी; आँखोंपर चश्मे-जैसे निशानवाला (पशु, जैसे *~ bear*)।

spectacular a. प्रदर्शनीय, प्रदर्शनयोग्य, दिखाने योग्य, तमाशेके लायक; भव्य, अतिदर्शनीय, कौतुकपूर्ण, सजधजका।

spectacularism n. प्रदर्श्यता, प्रदर्शनीयता, प्रदर्शन-योग्यता, बाह्य आकृति, बाहरी सौन्दर्य, ऊपर-ऊपरका रूप; भव्यता, कौतुकपूर्णता, सजधज।

spectator n. (किसी प्रदर्शन, खेल, शो आदिका) द्रष्टा, दर्शक, अधिप्रेक्षक, देखनेवाला, तमाशाई, तमाशबीन (*the ~s were moved to tears*)।

spectatorial a. दर्शकीय, द्रष्टा-विषयक, अधिप्रेक्षक-सम्बन्धी, दर्शक-सम्बन्धी।

spectatress n. दर्शिका, प्रेक्षक महिला, दर्शक महिला, देखनेवाली।

spectral a. वर्णालीय, रंगावलीय, वर्णच्छटा-सम्बन्धी, वर्णयुक्त, रंगारंग, वर्णपट-सम्बन्धी (*~ analysis, colours*); प्रेतवत्, भूत-तुल्य, प्रेतोंका, भूतका।

spectrality n. वर्णालिता, रंगावलीयता, वर्णच्छटा, सप्तरंजकता, रंगीनी; आभा, आभास; सप्तवर्ण-पगार्थ; भूत, प्रेत, शैतान।

spectre n. भय, आतंक, पूर्वाशंका, पूर्वभय, (*~ of ruin, war, madness*, etc.) अपच्छाया, प्रेत, छाया, वेताल, पिशाच, भूत; ~ of the Brocken पर्वतकी चोटीपर चढ़े हुए व्यक्तिकी दीर्घ छाया; प्रेतच्छाया; ~-bat (दक्षिणी अमरीकाका) पत्र-नासिक्य चमगादड़।

spectrogram n. वर्णाली-लेख, रंगावलि-लेख, वर्णक्रम-लेख, वर्णच्छटा-चित्र, स्पेक्ट्रोग्राम।

spectrograph n. वर्णाली-लिख, रंगावलि चित्र, वर्णक्रम-लेखक यन्त्र, स्पेक्ट्रोग्राफ।

spectrography a. वर्णक्रमलेखन, वर्णविश्लेषण।

spectrological a. वर्णालिकीय, रंगावलि-विषयक, वर्ण-विश्लेषण-विज्ञान-सम्बन्धी, रंग विश्लेषण-शास्त्र-सम्बन्धी।

spectrology n. वर्णालिकी, रंगावलिकी, वर्ण-विश्लेषण-विज्ञान, रंग-विश्लेषण-शास्त्र।

spectrometer n. वर्णालीमान, रंगावलिमापी, वर्ण-मापक यन्त्र, स्पेक्ट्रोमीटर।

spectrophotometer n. वर्णक्रमचित्रमापी।

spectroscope n. वर्णालीवीक्ष, रंगावलीक्ष, वर्णक्रम-दर्शी, किरणोंके वर्णक्रमको नापनेवाला यन्त्र।

spectroscopic, -al aa. रंगावलीक्ष-सम्बन्धी, वर्ण-क्रमदर्शीका, वर्णक्रमदर्शीय।

spectroscopist n. वर्णक्रमदर्श-विज्ञानी।

spectroscopy n. रंगावलीक्षा, वर्णक्रमदर्शन।

spectrum a. (pl. *-ra*) (*ocular ~* के अर्थमें भी) किसी वस्तुका प्रतिबिम्ब (जो आँखें बन्द कर लेने या हटा लेनेपर भी आँखोंमें निरन्तर रहता है), रूपच्छटा, मूर्ति-माला, चित्र, तस्वीर; वर्णच्छटा, वर्णाली, रंगावलि, वर्ण-क्रम, वर्णच्छटा, आलोकके विश्लिष्ट वर्ण; वर्णपट, दृश्याभास, वर्ण; प्रकाशकी किरणोंसे आकृत प्रतिबिम्ब (जिसमें कि रंग अपनी निवर्तनीयताके अनुसार क्रममें व्यवस्थित रहते हैं);
~ analysis, ~ band, ~ cell, ~ chart, ~ tube.

specular a. प्रदर्पणीय, दर्पणविषयक, शीशेका; द्युति-मान्, चमकीला (*~ iron*)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

speculate v. t. अनुशीलन करना, मनन करना, अनुसन्धान करना, चिन्ता करना, खोजमें लगना, सिद्धान्त गढ़ना, मनगढ़न्त सिद्धान्त बनाना, जाँच करना, पड़ताल करना, तहकीकात करना, विचारना, ख्याली घोड़े दौड़ाना; लाभकी आशासे रुपया लगाना, बदनीका व्यापार करना, सट्टा करना (*has been ~ing in stocks*)।

speculation n. अनुशीलन, मनन, अनुसन्धान, चिन्तन, विमर्श, विचार, वितर्क, विवेचना, खोज; सिद्धान्त-परिकल्पना, दूरकल्पना, अनुमान, अटकलबाजी (*much given to ~*); बदनीका सौदा, सट्टेबाजी, सट्टा, फाटका (*ruined by a single unlucky ~*); ताशका सट्टा खेल (जिसमें पत्ते खरीदे और बेचे जाते है)।

speculatist n. मननकर्त्ता, परिकल्पक, चिन्तक; ख्याली घोड़े दौड़ानेवाला दार्शनिक; सट्टेबाज।

speculative a. चिन्ताशील, विचारशील, विचारवान्, ध्यानशील; परिकल्पी, अव्यवहार्य, काल्पनिक, ख्याली (*~ demand, price*); सट्टेमें लीन, सट्टेबाज; सट्टेसे सम्बन्धित।

speculativeness n. चिन्ताशीलता, विचारशीलता, ध्यानशीलता; सैद्धान्तिकता, काल्पनिकता, ख्यालीपन; सट्टेबाजी।

speculator n. कल्पक, विचारक, मननकर्त्ता, चिन्तक; कल्पनाकारी व्यक्ति, अटकलबाज; सट्टेबाज।

speculatory a. = SPECULATIVE.

speculum n. (pl. *-la*) प्रदर्पण, दर्पणातु, दर्पण, आईना, शीशा (प्रायः स्वच्छ धातुका); (शल्य०) प्रतिक्षेपक दर्पण, परिदर्शक यन्त्र, वीक्षण यन्त्र, (घाव आदिके मुँहको बढ़ाकर या फैलाकर उसके) भीतर देखनेका एक यन्त्र; (पक्षि०) कुछ पक्षियोंके पंखपर विशेष रूपसे रँगा हुआ भाग; ~ metal पँचधात।

sped SPEED का भू० कृ०।

speech n. सार्वजनिक भाषण, सुभाषण, अभिभाषण, व्याख्यान, तकरीर, स्पीच (*~ for the defence*); कथा, कथावार्ता; भाषा, जबान, बोली; कथित वस्तु, टीका-टिप्पणी, सम्मति, बात (*after this unlucky ~ he remained silent*); वाणी, भाषणशक्ति, वाक्शक्ति, बोलनेकी शक्ति; अर्गन पाइप बाजेकी आवाज; ~-day भाषणदिवस, पाठशालाओंमें वार्षिक समारोहपर पुरस्कारवितरणका दिन; ~ organ वाग्यन्त्र, वागवयव; ~ retardation वाङ्मन्दता;

~-bereft, ~-bound, ~craft, ~-famed, ~-flooded, ~-maker.

speechful a. मुखर, वाचाल, बकवादी, बकवासी, बड़बोला, गपगपी।

speechification n. (बोल०) भाषण-विधि, व्याख्यान-विधि, भाषण, व्याख्यान, तकरीर, स्पीच।

speechifier n. वक्ता, व्याख्याता, भाषणकर्ता, तकरीर करनेवाला, स्पीच देनेवाला।

speechify v. i. (बोल०) भाषण देना, व्याख्यान देना, तकरीर झाड़ना, स्पीच देना; जनतामें बोलना।

speechless a. अवाक्, निर्वाक्, स्तम्भितवाक्, रुद्धवाणी, मौन, चुप, खामोश, (भावनाओंके आवेगके कारण) (*~ with rage*); मूक, वाग्हीन, वाक्य-शक्तिहीन, बेजबान, गूँगा; (प्रा०) मदोन्मत्त, धुत, चूर।

speechlessness n. अवाक्ता, मौन, वाग्जड़ता, बेजबानी; मूकता, वाग्हीनता, गूँगापन।

speed १. n. विकास या त्वरनकी गति, वेग, चाल, चलने या बढ़नेकी रफ्तार (*attains a high ~*); द्रुतत्व, वेग, प्रजव, तीव्रता, त्वरा, फुर्ती, तेजी, उतावली, जल्दी (*with all ~*); (प्रा०) साफल्य, सफलता, सिद्धि, कामयाबी; सम्पन्नता, धनधान्यपूर्णता, खुशहाली (*wish me good ~*); २. v.t. & i. द्रुत गतिसे चलना, त्वरा करना, वेगसे चलना, जल्दी जाना, तेज जाना, जलदी करना, फुर्ती करना (*sped down the street*); (प्रा०) शीघ्र भेजना, शीघ्र विदाई देना, जल्दीसे रवाना करना, चलता करना, चलाना (*~ an arrow from the bow*); सम्पन्न करना या होना, धनधान्यपूर्ण बनाना, सफलता पाना, उन्नति करना, सफलता प्रदान करना, कामयाब होना (*how have you sped ?*); (past & p.p. *~ed*) (इंजिन आदिका) वेग नियमित करना, संयत करना, नियत वेगपर चलाना, निश्चित रफ्तारपर चलाना, भगाना, रफ्तार बाँधना; (मोटरवालोंका) अवैध या संकटप्रद गतिसे मोटर चलाना, खतरनाक रफ्तारसे दौड़ाना; सहायता करना, हाथ लगना; सफल होना; फलना, निभना; ~way मोटरसायकिलकी दौड़का क्षेत्र; केवल तेज चलने-वाले वाहनोंके लिए निश्चित मार्ग ⊙; ~well चमकीले नीले फूलोंवाला बेल-जैसा एक पौधा; *~ up* और अधिक वेग या तेजीसे काम करना, रफ्तार बढ़ाना;

~-boat, ~ boatman, ~ clock, ~ controller, ~ counter, ~ engine, ~ gear, ~ governor, ~ index, ~ indicator, ~ limit, ~ reducer, ~ trap.

speeder n. गतिवर्धक यन्त्र, गतिवर्धक व्यक्ति या वस्तु।

speedful a. गतिमय, वेगवान्, तेज रफ्तारवाला।

speediness n. सत्वरता, द्रुतता, क्षिप्रता, शीघ्रता, वेगपूर्णता, वेगवत्ता, त्वरा, अविलम्बता, तेजी, उतावली, जल्दी।

speeding १. n. (*up* के साथ) प्रजवन, त्वरण, गतित्वरण; २. a. गतिप्रधान, त्वरक।

speedometer n. वेगमान, गतिमापी, मोटरका गति-सूचक यन्त्र।

speedster n. मोटर, कार; तेज चालक, तेज चलाने-वाला ड्राइवर।

speedy a. सत्वर, त्वरित, वेगपूर्ण, वेगवान्, द्रुत, द्रुतगामी, शीघ्र, शीघ्रगति, तीव्र, तेज; शीघ्रकृत, अविलम्ब, तत्काल, क्षिप्र, तुरत (*~ answer*)।

spelaean a. गह्वरीय, गह्वर-विषयक, गह्वर-सम्बन्धी,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

गुहा-सम्बन्धी, गुफाजा, कन्दरा-सम्बन्धी; गह्वरोत्पन्न, गुहोत्पन्न, कन्दरामें उत्पन्न होनेवाला, गुफामें रहने या होनेवाला।

spelaeologist n. कान्दरिकीविज्ञ, गाह्वरिकीवैज्ञानिक, कन्दराशास्त्री।

spelaeology n. कान्दरिकी, गाह्वरिकी, कन्दराविज्ञान, गुहाशास्त्र, गुफाकी विद्या।

spelean a. = SPELAEAN.

spelican n. = SPILLIKIN.

spelk n. कमठी, खपची, चैली, चीप, फाँस।

spell[1] n. (व्यक्ति, क्रिया, गुण आदि द्वारा) वशीकपण, मोहन, मोह, मोहनीशक्ति; इन्द्रजाल, मन्त्र, जादू, टोना, पढ़न्तका प्रभाव; आवेग; ~binder ⊙ श्रोताओंको मन्त्र-मुग्ध करनेवाला राजनीतिक वक्ता; ~bound विमोहित, मोहित, मन्त्रमुग्ध, वशीभूत, वशीकृत।

spell[2] १. n. अल्पकाल, स्वल्पकाल, वेला, अल्प अवधि, क्षण, थोड़ा समय, जरा देर [*wait (for) a ~*]; बदली, कामकी पारी, बारी (*did a ~ of carpentering*); २. v.t. स्थान ग्रहण करना, किसी दूसरेके स्थानपर काम करना, बदली करना, पारीसे काम करना; परित्राण करना, छुड़ाना, हाथ बटाना।

spell[3] v.t. वर्तनी लिखना या बताना, हिज्जे करना (*how do you ~ 'analyse'?*); (वर्णोंका) शब्द बनाना, रचना गढ़ना (*what does c a t ~?*); (ला० परिस्थितियों, योजना आदिका) परिणाम निकालना, अन्त पाना, परिणमित होना, फलना (*these changes ~ ruin to the farmer*); ~ *backward* विपरीत क्रममें शब्दके अक्षरोंको दुहराना या लिखना; (ला०) अर्थ विकृत करना, अनुचित अर्थ लगाना, गलत व्याख्या करना, माने बिगाड़ देना; ~ *each other* ⊙ अपनी-अपनी पारी लेना; ~ *out* or *over* अक्षर-अक्षर पढ़ना, कठिनाईसे पढ़ पाना, हिज्जे कर-करके पढ़ना।

spellable a. आकृष्य, आकर्षणीय, मोहनीय, वशीकरणीय; वर्तनीय, हिज्जे करने योग्य।

speller n. वर्तनी या हिज्जे लिखने या बतानेवाला आदि (SPELL[3] के क्रियागत अर्थोंमें); वर्तनी पुस्तक, हिज्जेकी किताब।

spelling n. वर्तनी या हिज्जे करना आदि (क्रियागत अर्थोंमें); वर्णविन्यास, अक्षरविन्यास, वर्णविन्यासप्रणाली, वर्णयोग, वर्तनी, अक्षरविवृति, हिज्जे (*his ~ is weak*); ~-bee वर्तनी-प्रतियोगिता, हिज्जे करनेका खेल; ~-book वर्तनी-पुस्तक, हिज्जेकी किताब।

spelt[1] n. बढ़िया आटेवाला एक प्रकारका गेहूँ, जर्मनीका गेहूँ।

spelt[2] a. SPELL[3] का भू० कृ०।

spelter n. (अब वाणि०) कुप्यक, यशद, जस्ता।

spence, -se n. भोजनागार, अन्नागार, भण्डारघर।

spencer[1] n. भण्डारी।

spencer[2] n. सदरी, फतूही, छोटी ऊनी जाकट।

Spencerian १. n. (pl.) स्पेंसरी छन्द; २. a. १५९९ ई० के कवि एडमण्ड स्पेंसर (Edmund Spencer) का, स्पेंसरी।

spend v.t. & i. व्यय करना, दे डालना, खर्च कर डालना (~ *profusely*); भोग करना, उपभोग करना, प्रयोग करना, व्यतीत करना, उपयोग कर डालना, इस्तेमाल करना, खपाना, बिताना, गुजारना (*how do you ~ your time?*); यापन करना, अतिवाहित करना, व्यय करना या होना, खर्च करना या होना, लगाना, लगना; अवसन्न करना, समाप्त करना या होना, चुक जाना, हो चुकना (*his anger will soon ~ itself; candles ~ fast in draught*); (नावि०) (मस्तूल) खो देना; (मछलीका) अण्डे देना, अण्डे छोड़ना, ~thrift मुक्तहस्त, अपव्ययी जन, अतिव्ययी व्यक्ति, खाऊ उड़ाऊ, लुटाऊ, फिजूलखर्च।

spendable a. व्यय करने योग्य, खपाने योग्य।

spender n. व्ययकर्त्ता, खर्च करनेवाला, उड़ाऊ, लुटाऊ।

spending n. व्यय, विनियोग; यापन, लगाना।

Spenlow and Jorkins पृष्ठभूमिमें स्थित कल्पित कठोर सहयोगी (I.)के प्रति किसी (S.)के कठोर व्यवहारोंका आरोपण, मोहनका दोष सोहनपर।

spense n. = SPENCE.

spent a. श्रान्त, क्लान्त, थका हुआ; प्रयुक्त (~ *acid*)।

sperm[1] n. वीर्य, शुक्र, धातु, बीज, पानी, मनी; शुक्राणु; ~ cell, ~ gland, ~ groove, ~-mother cell, ~ oil, ~ path, ~-reservoir, ~ sack, ~-vesicle, ~ whale.

sperm[2] n. (~-*whale* भी) जलंगिर, ह्वेल मछली।

spermaceti n. जलंगिर-वसा, तिमिर-वसा, स्पर्म ह्वेलके सिरोंसे प्राप्त सफेद भूरा-भूरा चर्बीजैसा पदार्थ, डिमकी वसा।

spermary n. शुक्राशय, शुक्रग्रन्थि, अण्डकोष।

spermatheca n. गर्भाशय, शुक्रस्यून।

spermatic a. शुक्र या वीर्य-सम्बन्धी या शुक्राशय-सम्बन्धी; ~ cord वृषण-रज्जु।

spermatism n. रेतःक्षरण, वीर्य-क्षरण, वीर्य-निस्यन्दन, वीर्यस्राव, वीर्य निकलना।

spermatocyte n. शुक्राणुकोशिका।

spermatogenesis n. शुक्राणु उत्पादन।

spermatology n. शौक्रिकी, वीर्य-विज्ञान, शुक्रशास्त्र, धातुशास्त्र, मनीशास्त्र।

spermatorrhoea n. स्वप्नदोष, वीर्यपात, स्वतः वीर्य-स्खलन, शुक्रमेह; प्रमेह।

spermatozoal a. = SPERMATOZOAN.

spermatozoan a. पशु-शुक्रजीवाणु-सम्बन्धी।

spermatozoon n. शुक्राणु, वीर्यकण।

spermological a. वीर्य-विज्ञान-विषयक, शुक्रशास्त्र-सम्बन्धी, बीज-विद्या-सम्बन्धी।

spermologist n. वीर्यवैज्ञानिक, शुक्रशास्त्री, बीज-विद्यावित्, बीजज्ञाता।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

spermology n. वीर्यविज्ञान, शुक्रशास्त्र, बीजविद्या।
spew, spue १. n. कै; दलदल; २. v.t. & i. वमन करना, मिचली आना, उबाई आना, कै होना, ओकना; उगलना, फेंक देना, निकाल देना; (बहुत जल्दी फायरिंग करनेसे बन्दूकका) मुँहके ऊपर झुक जाना।
spewiness n. सकर्दमता, कर्दममयता, दलदलीपन।
spewy a. कैवाला; सकर्दम, कर्दममय, दलदली।
sphacelate v.t.& i. (अस्थिको) निर्जीव करना या होना, गलाना, गलना, सड़ाना, सड़ना।
sphacelation n. अस्थिनिर्जीवन, गलन, सड़न।
sphacelism n. मस्तिष्कदाह, मस्तिष्क-प्रदाह, मस्तिष्कशोथ, मस्तिष्ककी सूजन।
sphagnous a. काईदार, फुगीदार।
sphagnum n. (pl. *-na*) पंकहरित, कर्दमशैवाल, एक प्रकारकी दलदलमें उत्पन्न होनेवाली सिवार।
sphenogram n. स्फानाक्षर, कीलाक्षर।
sphenographing n. स्फानाक्षरज्ञान; कीलाक्षर-विज्ञान।
sphenography n. कीलाक्षर ज्ञान।
sphenoid n. & a. (श० र० शा०) फानेके आकारका; (~ *bone* भी) कीलास्थि, जतुकास्थि, खोपड़ीकी हड्डी, जतुक, स्फनक।
sphenoidal a. जतुकास्थि-सम्बन्धी, स्फनकीय, खोपड़ीकी हड्डीका; स्फानाभ।
spheral a. मण्डलीय, गोलक-विषयक, गोला-सम्बन्धी, भू-सम्बन्धी, ग्लोबका; कन्दुकाकार, गोलकाकृति, गोल, गेंद-जैसा, ग्लोब-जैसा।
sphere १. n. कन्दुक, गेंद, गोलक, गोल, गोला; (का०) कोई आकाशपिण्ड, ग्रह, उपग्रह; नभ, आकाश, आसमान; पृथ्वी, मण्डल, आकाश-गोला, पृथ्वीका गोला, ग्लोब; चारों ओर घूमता हुआ गोलाकार खोल; अस्तित्व-क्षेत्र, प्रभावक्षेत्र, कार्यक्षेत्र, कर्मक्षेत्र, जीवनक्षेत्र, विषय, अधिकार, नैसर्गिक परिपार्श्व, प्राकृतिक परिवृत्ति, सामाजिक स्थिति, अवस्थिति, दशा, समाजमें स्थान, पद, जगह; २. v.t. मण्डलबद्ध करना, मण्डलाकार बनाना, गोलाकार बनाना, क्षेत्रबद्ध करना, गोलेमें घेरना; (का०) अतिशय महत्त्व प्रदान करना, आकाशपर चढ़ा देना, आसमानपर चढ़ाना, बहुत ऊँचा उठाना।
spheric १. n. (pl.) गोलक-ज्यामिति तथा त्रिकोण-मिति; २. a. (का०) दिव्य, दैवी, स्वर्गीय, आकाशीय, माहात्म्ययुक्त, अतिप्रशंसित, उन्नत, उच्चताप्राप्त।
spherical a. वर्तुल, वर्तुलाकार, मण्डलाकार, गोलाकार, ग्लोबके आकारका, गोल (~ *shell, waves*); गोलक-, गोलीय, गोलोंका (~ *geometry*)।
sphericalness n. वर्तुलता, वृत्त, मण्डलाकारता, गोलाकारता, गोलाई।
sphericity n. गोलत्व, गोलाई।
spherograph n. भूबिम्ब, भूचित्र।
spheroid n. उपगोलक, गोलाभ, गोलज, उपगोल, अण्डगोल, अण्डाकर ठोस (*the earth is an oblate* ~); वर्तुलप्राय पिण्ड, गोलप्राय पिण्ड, लगभग गोलेके समान मण्डल; prolate *or* oblong ~ उच्चाक्ष उपगोल, आयताक्ष पिण्ड या गोला।
spheroidal a. उपगोल, गोलाभ, गोलप्राय, गोलाकृति, उपगोलाकृति, अण्डगोलाकृति (~ *planet*)।
spheroidic a. = SPHEROIDAL.
spheroidicity n. उपगोलत्व, अण्डाकारता; गोलाभत्व, गोलप्रायता।
spherometer n. वक्रमान, वक्रतामापक यन्त्र, गोलत्व-मापक यन्त्र, स्फेरोमीटर।
spherular a. गोलकाकार, क्षुद्र मण्डलाकार।
spherulate a. गोलकीय, गोलक-सम्बन्धी।
spherule n. क्षुद्रगोल, गोलक, गोली, क्षुद्र मण्डल।
sphery a. (का०) गोलाकार, मण्डलाकार; दिव्य, आकाशी, दैवी, अतिप्रशंसित, अत्युन्नत।
sphincter n. (मलद्वार आदि) संवरण, अवरोधिका; सकोचक पेशी, शारीरिक-रन्ध्र-संकोचक पेशी, रन्ध्र-संकोचिनी या संवरणी पेशी (~ *muscle* भी)।
sphincteral, sphincterial, sphincteric aa. रन्ध्रसंकोचनी, संवरणी; अवरोधी (पेशी)।
sphinx n. (मिस्र पुरा०, S-) नारसिंही मूर्ति, सिंहके शरीर और मनुष्य या पशुके सिरवाली प्रतिमा; नगर थीब्स (*Thebes*) की एक पक्षधर राक्षसी (जिसका सिर स्त्रीका तथा शरीर सिंहका था); रहस्यपूर्ण व्यक्ति; लंगूरकी एक जाति; एक प्रकारका उड़नेवाला कीड़ा; the S~ सिंहके शरीर और मनुष्य या पशुके सिरवाली मिस्रकी विशाल मूर्ति।
sphragistics n. उत्कीर्ण मुद्राशान।
sphygmic a. हृत्स्पन्दन-विषयक, दिलकी धड़कनका।
sphygmogram n. हृत्स्पन्दन-लेख, दिलकी धड़कनका रेकार्ड।
sphygmograph n. हृत्स्पन्दन-चित्र; हृत्स्पन्दन-लेखक यन्त्र, स्फिग्मोग्राफ।
sphygmology n. हृत्स्पन्दन-विज्ञान, दिलकी धड़कनकी साइंस।
sphygmomanometer n. रक्तचापमान, रक्तचाप-मापक यन्त्र, स्फिग्मोमैनोमीटर।
sphygmometer n. हृत्स्पन्दनमान, हृत्स्पन्दनमापक यन्त्र, दिलकी धड़कन नापनेका यन्त्र, स्फिग्मोमीटर।
sphygmophone n. हृत्स्पन्दनभाष, हृत्स्पन्दनभाषक यन्त्र, स्फिग्मोफोन।
sphygmoscope n. हृत्स्पन्दन-दर्श, हृत्स्पन्दन-दर्शक यन्त्र, स्फिग्मोस्कोप।
sphygmus n. हृत्स्पन्दन, दिलकी धड़कन।
spica n. (ज्यो०) चित्रा, प्रथम कन्या; (वन०) मंजरी, बाल, बाली; (शल्य०) पट्टी बाँधनेका एक तरीका।
spicate, spicated aa. शूकमय, बालवाला, बालीदार।
spice १. n. मसाला, गर्म मसाला, मिर्च-मसाला (*dealer in* ~); (ला०) (व्यक्तिकी कृतियों, चरित्र

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

आदिमें विद्वेष आदिकी) गन्ध, बू; २. v.t. मसालेदार बनाना, मसालेसे छौंकना, गरम मसालेसे बघारना; मजेदार करना;

~ berry, ~-burnt, ~ cake ~ house, ~-laden, ~ land.

spiced a. SPICY.

spicery n. सभी प्रकारके मसाले; मसालेका भण्डार, मसालेकी दुकान।

spiciform a. कण्टकाकार, शूकीरूप।

spiciness n. तीक्ष्णता, तीखापन, चटपटापन, चरपरापन, मसालेदारी; अनौचित्य, कर्कशता, कटुता, कुरुचिपूर्णता; भड़कीलापन, दिखावटीपन; सुगन्धि।

spick a. ~ *and span* स्फूर्त एवं नवीन, बिल्कुल नया, कोरा, नया और ताजा, ठीक-ठीक; कील-काँटेसे दुरुस्त, लैस।

spicular a. तीक्ष्ण, तेज, नुकीला, नोकदार।

spiculate a. शूकापूर्ण; = SPICULAR.

spicule n. कण्टिका, शूका, बाली।

spiculiform a. = SPICULAR.

spicy a. तीखा, चटपटा, चरपरा, मसालेदार; सुगन्धित, खुशबूदार; (ला०) अनुचित, अनुपयुक्त, तीक्ष्ण, कर्कश, चुभता हुआ, कटु, कुरुचिपूर्ण, तेज (~ *story*); कृत्रिम, दर्शनी, भड़कदार, भड़कीला, दिखावटी, नुमायशी।

spider n. तन्तुनाभ, लूता, अष्टपाद, ऊर्णनाभ, मर्कटक, मकड़ा, मकड़ी; मकड़ीकी जातिका कीड़ा; मकड़े-जैसी वस्तु; एक प्रकारकी बहुत बड़े हलके पहियोंवाली गाड़ी, सलकी; भूननेकी कड़ाही, फ्राइंग पैन⊙; ~ and fly (ला०) फन्देमें फँसानेवाला और फँसनेवाला; ~-crab लूता-कर्कट, लम्बी पतली टाँगोंवाला केकड़ा; ~ shrew गृह छछुन्दर;

~-catcher, ~-fingered, ~-hunter, ~-legged, ~-limbed, ~ monkey, ~-spun, ~ web, ~ work.

spiderlike a. लूतासम, मकड़े-जैसा, मकड़ीके समान।

spidery a. मकड़ीका, मकड़ीका-सा; मकड़ी-सम्बन्धी; मकड़ी-सा चालाक।

spiffing a. (ग्रा०) हर्षजनक, मोदजनक, प्रसन्नतादायक, सुन्दर, सुहावना।

spif(f)licate v.t. (ग्रा०) दण्डित करना, पीटना, ठोंकना, मरम्मत करना, खबर लेना, ठण्डा करना।

spif(f)lication n. दण्ड, पिटाई, मारपीट, ठोंकपीट।

spigot n. निग, छोटी मेख, पीपोंके छेदके लिए डाट, डट्ठा; नलका सादा सिरा; कूट, छल-छन्द, फन्दा, पिंजड़ा⊙।

spike १. n. शूकी, तीक्ष्ण शंकु, तेज नोक; प्रकील, कील, कीला, मेख; नोकदार धातुखण्ड, नोकदार मेख; (वन०) कणीस, शस्यमंजरी, बाल, शूकी, एक लम्बे डण्ठलपर एक साथ उगनेवाले फूलोंका गुच्छा; किसी पौधेकी पृथक् टहनी; एक प्रकारका सुगन्धित गुद्दम; (बोल०) ईसाईधर्मका कट्टर अनुयायी, कट्टरपन्थी; २. v.t. नुकीली कीलें लगाकर कसना, कीलोंसे जड़ना, कीलें जड़ना, कीलें ठोंकना, मेखें गाड़ना, नोक चुभोना, कील चुभोना; (तोपके) छेदको कील ठोंककर बन्द करना; (ला०) व्यर्थ करना, अनुपयोगी कर देना, बेकार बना देना (~ one's *guns*);

~ cover, ~ inflorescence, ~-lavender oil, ~ leaf, ~-leaved, ~ oil, ~ rush, ~ tooth harrow.

spiked a. = SPIKY.

spikelet n. (वन०) शूकिका, अनुशूकी, कण्टिका, छोटी बाली; कील, काँटा।

spikenard n. लोमशा, जटामांसी, जटिला, बालछड़; जटामांसीका तेल या इत्र।

spikewise adv. कील-जैसा, मेख-जैसा।

spiky a. तीक्ष्णाग्र, नोकदार; शंकुयुक्त, शंकुबद्ध, कीलित, नुकीली कीलोंसे जड़ा हुआ; कीलाकार; (बोल०) कट्टरपन्थी धार्मिक।

spile[1] n. कील, खूँटी।

spile[2] v.t. कील गाड़ना, खूँटी गाड़ना।

spill[1] १. n. (घोड़े या गाड़ीसे) पटक, पटकनी, पछाड़; २. v.t. & i. काठी या किसी सवारीसे पटका देना, गिरा देना, फेंका देना (*horse spilt him*); (तरल पदार्थ आदिका) गिरना, बहना, बिखर जाना, फैल जाना; फेंकना, फैलाना, गिराना, बहाना; छलकाना, बिखेरना, ढरकाना, लुढ़काना (~ *the salt*); छलकना, बिखरना, लुढ़कना; (नौवि०) (पालकी) हवा निकालना; ~way अधिप्लवन-मार्ग।

spill[2] n. शलाका, लम्प आदि जलानेके लिए लकड़ी या कागजकी बत्ती; खूँटा, डाट।

spiller n. (घोड़े या गाड़ीसे) पटका जानेवाला, पटकनी खानेवाला, पछाड़ खानेवाला; पछाड़नेवाला, गिराने या बहानेवाला; मछली पकड़नेकी बंसी।

spillikin n. लकड़ी, हड्डी आदिकी चिपटी या खपची; (pl.; *spelicans* भी) उपर्युक्त चिपटियोंसे खेलनेका खेल।

spilt SPILL. का भू० एवं भू० कृ०।

spilth n. (प्रा०) छलका हुआ पदार्थ; अतिरेक, आधिक्य, बढ़ोतरी, फालतू, फाजिल।

spin[1] n. (विमानचालनमें) वायुयानका घूमते हुए नीचेको अवतरण, उतरना; आभ्राम, घूर्णमान गति, घुमाव, घुमाई, घुमेर, चक्कर; तिरछे लग जानेपर बन्दूककी गोली या बिलियर्ड या टेनिसकी गेंदकी घूमनेकी गति, चक्कर खानेकी अवस्था; (क्रिकेट) फेंकी हुई गेंदकी चक्करदार गति; (मोटर, नाव, साइकिल आदिकी) तेज या छोटी दौड़ या सैर (*went for a* ~)।

spin[2] v.t. & i. (*span* or *spun, spun*) (व्यक्ति इत्यादिका) तेजीसे घूमना, फिरना, मुड़ना, (थप्पड़के कारण सिरका) फिर जाना, चक्कर खाना (*sent him* ~*ning*); (व्यक्ति, वस्तुको) तेजीसे घुमाना, मोड़ देना, मुँह फेर देना; (लट्टू) घुमाना, चक्कर देना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(भौंरा) फिराना, (लट्टूका) घुमाना, घूमना; (ऊन, कपास) कातना, सूत कातना, तागा बनाना; (रेशमके कीड़े, मकड़ी आदिका) कोया बनाना, जाला बुनना, जाला तानना; चाक या खराद-जैसी मशीनपर (प्याले आदि) बनाना; बढ़ाना, तूल देना, खींचना; (ला०, विवरणात्मक साहित्य, लेख आदि) रचना, लिखना, (बहुत अधिक) लिख डालना; (ग्रा०) परीक्षा लेनेके उपरान्त अभ्यर्थी (उम्मीदवार) को अस्वीकृत कर देना, जवाब दे देना; (हुक आदिसे धारा या पोखरमें) मछलीका शिकार खेलना, मछली मारना; p.p. श्रमित, श्रान्त, थका माँदा, चूर-चूर; spun glass तार-तार किया हुआ काँच; spun silk सूतके साथ मिला हुआ रद्दी घटिया रेशमका सामान; spun yarn (नौवि०) कई लड़ियोंको एक साथ बटकर बनाया हुआ डोरा; ~ *a yarn* बढ़-चढ़कर बोलना, लम्बी-चौड़ी हाँकना; ~ *out* (समय, जीवन आदिको वाद-विवाद या किसी व्यसनमें) व्यतीत करना, बिताना, गुजारना, बढ़ाना।

spinaceous a. पालक-सम्बन्धी, पालकवाला, पालक-जैसा।

spinach, -age n. पालक, इस प्रकारके दूसरे साग।

spinal a. पृष्ठवंशीय, मेरुदण्ड-सम्बन्धी, मेरुदण्डीय, मेरु, कण्टकीय, रीढ़की हड्डीका (~ *curvature, complaint*); ~ column मेरुस्तम्भ; ~ cord सुषुम्ना, मेरुमज्जा, वातरज्जु, मेरुदण्डीय धाराके अन्तर्गत बेलनाकार स्नायु, केन्द्रगत स्नायुजालका एक अवयव।

spinate a. कण्टकवत् तीक्ष्ण, काँटे-जैसा नुकीला।

spindle १. n. तर्कु, तकला, चरखेका तकुआ, टेकुवा; (हाथसे कातनेकी) तकली; परछा (वह नली जिसपर जुलाहे सूत लपेटते हैं); धुरा, धुरी, सूजा, स्पिण्डिल; सूतको नापनेके अनेक माप, पैमाने; पतली वस्तु, क्षीण या कृश व्यक्ति, दुबला-पतला आदमी; २. v. i. तकुआ-जैसा लम्बा-पतला होना, तकुवे-जैसा बढ़ना, लम्बे-पतले आकारमें बढ़ना; ~ cousin मौसेरा, ममेरा; ~-shanked लमटंगा, लम्बी-पतली टाँगोंवाला; ~-shanks लम्बी टाँगोंवाला व्यक्ति; ~-side मातृपक्ष;

~ attachment, ~ fibre, ~-legged, ~ oil, ~-shaped, ~-tree.

spindly a. तर्कुवत् कृश, पतला, कमजोर।

spindrift n. समुद्रकी सतहपर जोरसे चलती हुई फुहार, हलकी बौछार।

spine n. मेरुदण्ड, पृष्ठदण्ड, पृष्ठवंश, रीढ़की हड्डी; (वन०) शूल, कण्ट, कण्टक, काँटा; बाहर निकला हुआ भाग, नोकदार उभार; किताबका पुट्ठा (या जैकेटका वह भाग जो उसके अलमारीपर रखे जानेपर दिखायी दे); railway ~ रेलकी दुर्घटनाके कारण मेरुदण्डपरका संघात, रीढ़की हड्डीपर धक्का;

~ ache, ~ bill, ~ bone, ~-broken, ~-clad, ~-covered, ~-finned, ~ fracture, ~-headed, ~-like, ~-pointed, ~-rayed, ~-rayed fish, ~-tail, ~-tipped.

spined a. मेरुदण्डयुक्त, मेरुदण्डधारी, रीढ़वाला, रीढ़दार।

spinel n. कण्टकिज, समाकार मणिभों (रवों) के रूपमें प्राप्त अनेक रंगोंके खनिज पदार्थ; ~ ruby मूल्यवान् लालमणि।

spineless a. अमेरुदण्डी, मेरुदण्डविहीन, बेरीढ़, रीढ़की हड्डीके बिना; (ला०) निर्बल, बलहीन, शक्तिहीन, चरित्र-दृढ़ताहीन, कमजोर; बिना (पंखरीढ़ मछली)।

spinescence n. कण्टलता, कण्टकमयता।

spinescent a. कण्टल, काँटेदार (~ *lizard*)।

spinet n. (इति०) छोटी पंखके आकारकी एक वीणा।

spinicarpous a. सकण्टफली, कण्टकमय-फलोत्पादी, काँटेदार फल देनेवाला।

spiniferous a. कण्टकोत्पादी, कण्टकमय।

spiniform a. = SPINATE.

spinigerous a. कण्टकमय, कण्टकयुक्त, काँटेदार।

spininess n. कण्टकाकीर्णता, सकण्टकता, कँटीलापन; क्षोभकारिता, कष्टजनकता, कठिनाई, जटिलता, उलझन, परेशानी, पेचीदगी।

spink n. = SMOCK.

spinnaker n. बड़ा त्रिभुजाकार पाल।

spinner n. कर्तक, तन्तुवाय, कातनेवाला; चरखा, कातनेकी मशीन; मकड़ी; आभ्रामी व्यक्ति या वस्तु, घूर्णमान व्यक्ति या वस्तु; घुमावदार वस्तु, चक्कर खानेवाला गोला।

spinnery n. कताईका कारखाना।

spinney n. (pl. -s) गुल्मवन, झुरमुट, झाड़ी, झाड़ीदार वन।

spinning १. n. कर्तन, कातना, बुनना आदि (क्रियागत अर्थोंमें); २. a. तान्तव, कातनेका; परिभ्रामी, घूमनेवाला; ~-house (मुख्यतः इति०) वेश्याओंके लिए सुधारसंवारगृह, सुधारगृह; ~-jenny कातनेकी कल; ~-wheel (इति०) चरखा;

~ electron, ~ gland, ~ machin, ~-mill, ~ plant, ~ tube.

spinny n. = SPINNEY.

spinose a. मेरुदण्डयुक्त; शल्ययुक्त, शूलयुक्त, कण्टकमय, कँटीला, काँटेदार।

spinosity n. मेरुदण्डयुक्तता; कण्टकमयता, कण्टकपूर्णता, कँटीलापन।

spinous a. मेरुदण्डयुक्त, रीढ़दार; सकण्टक, शल्ययुक्त, कण्टकमय; काँटेदार (~ *shoot*)।

Spinozism n. (१७वीं शतीके दार्शनिक) स्पिनोज़ाका विचारवाद।

spinster n. अपरिणीता, अनूढ़ा रमणी, जरठ कुमारी, अविवाहिता स्त्री, कुँवारी।

spinsterhood n. (वयस्क या वयोवृद्ध स्त्रीका) अविवाहितत्व, कुमारीपन।

spinstry n. सूत्र-निर्माणी, कताईका कारखाना।

spintherism n. काल्पनिक स्फुलिंगदर्शन।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

spinule n. =SPICULE.

spiny a. रीढ़दार; मेरुदण्डयुक्त, शल्यावृत, शल्यवत्, शल्य-, कण्टकाकीर्ण, कण्टकपूर्ण, सकण्टक, कण्टकमय, कँटीला, काँटोंभरा काँटेदार (~ *crab*); (ला०) क्षोभकारी, कष्टप्रद, व्याकुल करनेवाला, उलझनमें डालनेवाला, जटिल, कँटीला, उलझा हुआ, मुश्किल, पेचीदा;

~ ant-eater, ~ babbler, ~-backed, ~ bamboo, ~-coated, ~-crested, ~ dogfish, ~ eel, ~-finned, ~-legged, ~ lobster, ~ mouse, ~-rayed, ~-skinned.

spiracle n. (जन्तुवि०) प्रश्वास-रन्ध्र, श्वासरन्ध्र, छिद्रपथ, साँस लेनेके छेद, (समुद्री जीव हेल आदिके) नथुने; वायुमार्ग।

spiracular a. श्वासरन्ध्र-सम्बन्धी, साँस लेनेके नथुनेसे सम्बन्धित, वायुमार्गवाला।

spiraculate a. श्वासरन्ध्रयुक्त, नथुनेवाला।

spiraea n. कुन्तलाप्रजाति, गुलाब-जैसे पौधेकी जाति।

spiral १. n. कुन्तल, कुण्डलित वक्र, सर्पिल कमानी, चक्करदार कमानी. चक्कर, घोंघेके खोलमें सर्पिल बनावट; (ला०) आरोहावरोह, प्रगतिशील उत्थान या पतन (*the vicious ~ of rising prices and wages*); २. v.t. कुण्डलित बनाना, सर्पिल बनाना, चक्करदार बनाना; ३. a. कुण्डलित, आवर्ती, सर्पिल, चक्राकार कुन्तलाकार, पेचदार, (~ *band, spring*); नोकदार।

spirality n. कुण्डलित अवस्था, वर्तुलता, सर्पिलता, कुण्डल, चक्कर, चक्करदार अवस्था।

spirant १. n. ऊष्म, संघर्षी, व्यंजन; वर्ण; २. a. ऊष्म, सघर्षी, विवृत श्वासयुक्त।

spiranthy n. वर्तुल भग्नता, वक्र रूप-परिवर्तन।

spiration n. श्वसन, श्वास लेना या छोड़ना; (धर्म०) पवित्रात्माका जलूस।

spire १. n. शृंग, शिखर, शिखरिका, कलश, दीर्घचूड़ा, चोटी, शंकु (कोन) या पिरामिडकी आकृतिकी मीनारके ऊपरका नोकदार भाग; कोई सूच्याकार वस्तु, घासका सिरा, नोकदार वस्तु; शाखाओंके फूटनेके स्थानसे ऊपरको जाती हुई नोकदार कोंपल; २. v.t. शिखरयुक्त बनाना, कलसीदार या चोटीदार बनाना, मीनारके शिखरके आकारमें बनाना; पेचदार बनाना; ३. v. i. उद्गत या प्रलम्बित होना, सीधा ऊपरको उठना या बढ़ना, ऊपरको निकलना।

spire[2] n. कुण्डलित वक्र, कुण्डली, सर्पिलता; आवर्त्त, चक्र, लपेट, चक्कर, पेच।

spired a. शृंगी, शिखरी, शिखरिकामय, कलशमय, चोटीदार; शंकाकार, शंकुमय, नोकदार।

spirit[1] n. क्षेत्रज्ञ, आत्मा, रूह; आत्मवान्, प्राणवान् व्यक्ति, मनीषी, महान् जन, मनस्वी (*one of the most ardent ~s of his time*); जीवात्मा, जीव, निर्गुण, ज्ञानवान्, निराकार, ब्रह्म, परमात्मा, प्राण, शुद्धात्मा, देही, प्रतात्मा, अशरीरी, जिन (*God is a ~*); भूत, प्रेत, अप्सरा, परी, देवदूती; व्यक्तित्व, आत्मशक्ति, चरित्र, व्यक्तिके बौद्धिक या नैतिक गुण या स्वभाव (*a man of an unbending ~*); आत्मा, चित्त, मन, प्राणशक्ति, प्राण, जान (*was the animating ~ of the rebellion*); सारांश, सार, तत्त्व, भावार्थ, वास्तविक अभिप्राय, तात्पर्य, सच्चा अर्थ, असली मतलब (*must consider the ~ of the law*); आत्मबल, आत्मदृढता, स्वत्वाधिकार-चेतना, सप्राणता, सजीवता, स्फूर्ति, शक्ति, वेग, उत्साह, तेज़, साहस, हिम्मत, हौसला, तेजी, जोश, जीवट; मनोभाव, मनोदशा, मानसिक या नैतिक दशा या वृत्ति, विचार, भाव, रुझान, झुकाव, ख्याल, रंग, नजर (*took it in a wrong ~*); (पूर्व अर्थमें) आन्तरिक शक्ति, भावना, भाव, प्रेरणा, प्रेरक मनोभाव, जीवनी शक्ति, मनोदशा; जीवनशक्ति, नैतिक प्रवृत्ति, जीवन्त विचारधारा, विचारप्रभाव, जीवन्त प्रभाव (*resist the ~ of the age*); सत्त्व, प्रासव, अरिष्ट, अर्क, रूह, टिंक्चर; (प्रायः pl.) सुरासार, उग्र सुरा, तेज शराब, ब्राण्डी, ह्विस्की आदि (*glass of ~s and water*); ~-lamp प्रासव-दीप, स्पिरिटलैम्प (जिसमें तेलके स्थानपर स्पिरिट जलता है); ~-level प्रासव तल, स्पिरिट तल दर्शक, स्पिरिट-वाली काँचकी नली; ~ rapper मृतात्माओंसे मेजपरकी खटखटाहटके द्वारा बातचीत करनेवाला; ~-rapping मृतात्माओंसे मेजपरकी खटखटाहटके द्वारा बातचीत करना; ~ *or* ~s of wine मद्य, मद्यसार, शराबकी रूह, अलकोहल; ~s of salt उदनीरिक या उदहरिक या हाइड्रोक्लोरिक अम्ल; *in the ~* अन्तःसे, हृदयमें, आन्तरिक रूपसे, दिलमें; *the poor in ~* शिष्ट, शान्त, विनम्र, विनीत, दीन, दयाका पात्र;

~ black, ~ blue, ~-born, ~-broken, ~ burner, ~-fallen, ~ green, ~-gum, ~ hydrometer, ~ land, ~-level, ~-levelling operations, ~ meter, ~ orange, ~ pump, ~ receiver, ~ red, ~-room, ~ rose, ~ scarlet, ~ sky-blue, ~-soluble, ~ solution, ~-stirring, ~ stock account, ~ store, ~-torn, ~-wise, ~ vapour, ~ varnish, ~ violet, ~ volatility testing disc, ~ weighment register, ~ world, ~ yellow.

spirit[2] v.t. (किसीको) प्रसन्न करना, प्रफुल्लित करना, प्रोत्साहित करना, उत्तेजित करना, साहस देना, हिम्मत बढ़ाना, दिलेर करना; झटपट और गुप्त रूपसे उड़ा ले जाना, खिसका लेना, भगाना, लेकर चम्पत होना, ले भागना।

spirited a. आत्मावान्, आत्मावाला, विशेष प्रवृत्ति या स्वभावका (*high, mean, proud, -~*); सप्राण, स्फूर्तिवान्, स्फूर्तिपूर्ण, साहसपूर्ण, साहसी, सजीव, जीवन्त, ससत्त्व, वीर्यवान्, तेजस्वी, सोत्साह, उत्साहित, उत्साही, उत्कट, जीवटवाला, जानदार, जोशीला, दिलेर, जिन्दादिल (*a ~ reply*); मनःस्थितिका, मनोवृत्तिका,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

मनोभावका, तबियतवाला (*low-~*)।

spiritedness n. स्फूर्ति, सप्राणता, सजीवता, जीवन्तता, प्रफुल्लता, तत्परता, उत्कटता, साहस, हिम्मत, दिलेरी, जीवट, जानदारी, जिन्दादिली।

spiritism n. अध्यात्मवाद, जीवात्मवाद, प्रेतविद्या।

spiritist n. प्रेतवादी, प्रेतात्मवादी, भूतवादी; अध्यात्मवादी, आत्मज्ञानी।

spiritless a. निष्क्रिय, निर्जीव, मृत, निःसत्त्व, निस्तेज, स्फूर्तिहीन, उत्साहरहित, निस्साहस, साहसहीन, निराश, हताश, नीरस, उदास, सुस्त, बेमन, बेजान, मुर्दा।

spiritlessness n. निष्क्रियता, निर्जीवता, मृतता, निःसत्त्वता, निस्तेजता, स्फूर्तिहीनता, उत्साहराहित्य, साहसहीनता, निराशामयता, नीरसता, उदासी, सुस्ती, मुर्दादिली, बेमनापन।

spiritual १. n. अमरीकी नीग्रो लोगोंका धार्मिक गीत; २. a. अभौतिक, अपार्थिव, आध्यात्मिक, अमूर्त्त, सूक्ष्म; आत्मिक, पारलौकिक, आत्मा-सम्बन्धी, रूहानी (*~ life*); धार्मिक, आत्मिक, पवित्र वस्तु-विषयक (*our ~ interests*); आत्मज्ञानी, शुद्धबुद्धि-सम्पन्न, मेधावी, मेधा-सम्पन्न, तत्त्वज्ञानी; सात्त्विक, पारमार्थिक, परम, दिव्य, दैवी, उद्बोधित, पुनीत, पवित्र, ब्रह्मजात, ब्रह्मविषयक, परमात्मा-विषयक, दिव्य, ईश्वरीय (*~ songs*); *~ courts* धार्मिक न्यायालय, ईसाई धर्म-सम्बन्धी न्यायालय; *lords ~* धर्मश्रीपति, ब्रिटेनके हाउस ऑफ लार्ड्सके बिशप तथा बड़े बिशप।

spiritualism n. (दर्शन०) अध्यात्मवाद, आध्यात्मिकता, अध्यात्मसिद्धान्त; ब्रह्मवाद, ज्ञानमार्ग, जीवात्मवाद, प्रेतवाद, प्रेतविद्या, प्रेततत्त्व (यह मत कि मृत आत्माओंके साथ भेंट या बातचीत हो सकती है)।

spiritualist n. जीवात्मवादी; ब्रह्मवादी, अध्यात्मवादी, आध्यात्मिक; प्रेतवादी।

spiritualistic a. ब्रह्मवाद-सम्बन्धी, अध्यात्म-सम्बन्धी, आध्यात्मिक, अध्यात्मवाद-सम्बन्धी।

spirituality n. आध्यात्मिकता, आध्यात्मिक गुण, अभौतिकता, अपार्थिवता, अमूर्त्तता, पवित्रता; परमार्थनिष्ठा; (प्रायः pl.) ईसाई-धर्म-सम्बन्धी विशेषताएँ चर्च-विषयक सामग्री (*the ~ies of his office*); *~ of benefices* भूमि इत्यादिका दसवाँ भाग (जो ईसाई धर्माचार्यको दिया जाता था)।

spiritualization n. अध्यात्मीकरण, पवित्रीकरण; आध्यात्मिक व्याख्या।

spiritualize v.t. (चरित्र, व्यक्ति, विचारोंका) अध्यात्मीकरण करना, आध्यात्मिक बनाना, परिष्कृत करना, उन्नत बनाना, उठाना, धार्मिकता लाना, पवित्रता लाना, रूहानियत पैदा करना; (क्र०) अनुप्राणित करना, सप्राण या सजीव बनाना, प्राण फूँकना, जीवन फूँकना, जान डालना, रूह फूँकना; आध्यात्मिक अर्थ लगाना।

spiritualizer n. आध्यात्मिकीकर्ता, आध्यात्मिक परिष्कर्ता, उन्नेता, धार्मिकता लानेवाला, पवित्र बनानेवाला।

spiritualness n. आत्मिकता, आध्यात्मिकता, अभौतिकता, अपार्थिवता, पुनीतता, पवित्रता, दिव्यता, धार्मिकता; मेधाविता, शुद्धबुद्धिसम्पन्नता, रूहानियत।

spirituel(le) a. सुशील, सभ्य, सुसंस्कृत, सहृदय, सुकुमार, (विशे० महिला) मनस्विनी।

spirituosity n. = SPIRITUOUSNESS.

spirituous a. प्रासुत, प्रासवीय, मादक, मद्यसारमय, सुरासारगुणविशिष्ट, अर्क उतारा हुआ, अल्कोहलभरा; स्पिरिटके गुणवाला, साफ, तेज।

spirituousness n. मद्यसारमयता, सुरासारपूर्णता; तेजी, गर्मी, हिम्मत।

spiritus n. श्वसन, निःश्वसन, साँस लेना।

spirivalve a. सर्पिल कपाटयुक्त।

spirket n. वक्र कील, टेढ़ी खूँटी।

spirochaete n. कुन्तलाणु, सर्पिल या कुण्डलीके आकारका जीवाणु।

spirograph n. श्वासलिख, श्वासलेखक यन्त्र, श्वास-चित्र, स्पिरोग्राफ।

spirometer n. श्वासमान, श्वासमापी, श्वासमापक यन्त्र, स्पिरोमीटर।

spirometry n. श्वासमान, श्वासमिति, श्वासमापन, साँस नापना।

spirophore n. श्वासयन्त्र।

spirt, spurt १. n. वेगपूर्ण निस्सारण, धारा, तेज बहाव, फव्वारा; २. v.t. & i. निस्सृत होना, बह निकलना, फूट निकलना, धार निकलना, धार बाँधकर निकलना, धार बहना, उबलना, फूटना।

spiry[1] a. शृंगयुक्त, शिखरयुक्त, शिखर-सम्बन्धी, नोकदार।

spiry[2] a. मीनारदार; कुण्डलित, कुण्डलीयुक्त, आवर्त-पूर्ण, सर्पिल, पेचदार।

spissated a. संहत, स्थूलित, मोटा किया हुआ, गाढ़ा।

spissitude n. सहति, घनत्व, गाढ़ापन।

spit[1] १. n. (समुद्रमें प्रविष्ट पृथ्वीकी) जिह्वा; लम्बा सँकरा जलमग्न तट; शूल, कबाबकी सींख या सींखचा; २. v. i. (मांस आदिमें) सींख घुसेड़ना, सींखचा पिरोना; (ला०) तलवार आदिसे विद्ध करना, छेदना, बींधना, भोंकना, घुसेड़ना।

spit[2] १. n. कुछ कीड़ोंके अण्डे; खों-खों, खोंखियान; (क्र०) छीव, थूक, राल; प्रतिरूप (*he is the very ~ of his father*); २. v.t. & i. (बिल्लीका) घुरघुराना, गुस्साना, खोंखियाना; (ला०) (किसी व्यक्तिका) खोंखियाना, क्रोध या वैरको प्रकट करते हुए थूकने-जैसा शब्द करना; थूकना, मुँहसे (थूक, खून, कौर आदिको) उगलना; (ला०) (भर्त्सना, अभिशाप आदि) आवेशके साथ उच्चारित करना, (अभिशापादि) देना; (वर्षाका) धीरे-धीरे पड़ना, फुहार पड़ना; (आग, बत्तीका) चिनगारियाँ छोड़ना; (कलमसे) स्याही छिटकना, भुरकना, चिटचिटाना; *~ and polish* सैनिक आदिका चमक-दमकका ठटबाट; *~fire* उग्र स्वभावका व्यक्ति,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

तेजमिजाज आदमी; (~*devil* के भी अर्थमें) गीले बारूदका खिलौना या अनार; ~ *at* or *upon* (ला०) अपमानित करना, कलंकित करना, मुँहपर थूकना, फजीहत करना; ~ *it out* (ग्रा०) खुलकर गाना, जोरसे कह डालना।

spit[3] n. कुदालभर या गैंतीभर मिट्टी, फावड़ाभर गहराई (*dig it two ~s* or ~ *deep*)।

spital n. चिकित्सालय, दवाखाना, अस्पताल, हस्पताल।

spitch-cock n. कबाबी मछली।

spite १. n. आक्रोश, द्वेष, विद्वेष, वैमनस्य, अहितकामना, दुर्भावना, द्रोह, (*did it from pure* ~ or *in* or *out of* ~); असूया, ईर्ष्या, वैर, लाग, जलन, डाह (*has a* ~ *against me*); २. v.t. क्षति पहुँचाना, विरोध करना, व्यर्थ कर देना, विफल करना, दमन करना, नीचा दिखाना, पीड़ा पहुँचाना, सताना, तंग करना, दिक करना (*does it to* ~ *me*); *cut off* one's *nose to* ~ one's *face* द्रोहपूर्ण भावनासे अपने-आपको आघात पहुँचाना, दूसरेके असगुनके लिए अपनी नाक कटा लेना; (*in*) ~ *of* तथापि, तो भी, होते हुए भी, फिर भी।

spiteful a. सासूय, असूयायुक्त, द्वेषपूर्ण, विद्वेषपूर्ण, दुष्ट, द्वेषी, विद्वेषी, वैमनस्यपूर्ण, ईर्ष्यापूर्ण, ईर्ष्यालु, दुर्भावनायुक्त।

spitefulness n. द्वेषपूर्णता, विद्वेषमयता, ईर्ष्याभाव, दुर्भावनापूर्णता, डाह, जलन।

spitter n. थूकनेवाला; खोंखियानेवाला, चिटचिटानेवाला।

spitting n. निष्ठीवन, थूकना।

spittle[1] n. निष्ठीव, थूक, लार, लाला।

spittle[2] n. हस्पताल।

spittle[3] n. छोटा बेलचा।

spittoon n. ष्ठीवाधान, पीकदान, थूकदान, उगालदान।

spitz n. (~*dog* भी) लम्बी थूथुनका कुत्ता, पोमेरेनी।

spiv n. अनुचित लाभ उठानेवाला व्यापारी, बेईमान व्यवसायी, चोरबाजारी करनेवाला, काले बाजारवाला, बेईमान चालबाज दुकानदार।

spivery n. चोरबाजारी, बेईमानी (के दाँव)।

spivish a. चोरबाजारीका, ब्लैक करनेवालेका।

splanchnic a. अन्त्रीय, अँतड़ियोंका।

splanchnology n. पाचन-विज्ञान, अन्त्रविज्ञान।

splash १. n. छप-छप, छपके या छींटे उछालनेका शब्द (*we heard a* ~); आस्फालन, द्रवकम्प, छींटा, छींटना, छपाका, छपछपाना; छींटोंके पानीकी मात्रा; (बोल०) सोडावाटर इत्यादिकी अल्प मात्रा; छींटा, धब्बा, रंगकी चित्ती, निशान, दाग; चावलके आटेका चूर्ण, पाउडर; २. v.t. & i. (पानी आदिके) छींटे उड़ना, बूँदें उड़ना; अपस्फुरण करना, छपछपाना, छप छप करना, छप-छप करते हुए पानीमेंसे जाना, पानीके छींटे उड़ाना, (किसी व्यक्तिपर तरल पदार्थ) छिड़कना, छींटे डालना; (किसी व्यक्तिको पानी, कीचड़ आदिसे) सानना, लथपथ करना, लथेड़ना, कीचड़ उछालना; छींटे उड़ानेके लिए (पानी आदिमें) कूदना, घुसना, डुबकी लगाना; (रुपया-पैसा) छितराना; बिन्दकी बिन्दकी रखकर सुसज्जित करना, सजाना, छींट बनाना; ~-board मडगार्ड, गाड़ियोंमें आगेकी ओरकी कीचड़-मिट्टीसे बचानेकी पटिया या तख्ती; *make a* ~ (ला०) बहुत अधिक ध्यान आकर्षित करना, चकाचौंध उत्पन्न करना, हलचल पैदा करना।

splasher n. छपछपानेवाला, छींटे उछालनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); बिन्दुरक्ष, इंजनके पहियोंके ऊपर कीचड़ आदि रोकनेकी आड़; दीवालकी रक्षा करनेके लिए चिलमचीके पीछेका पर्दा, आड़।

splashing n. अपस्फुरण, आस्फालन।

splashy a. कर्दमयुक्त, गीला, बूँदवाला, कीचड़भरा।

splatter v.t. & i. छपछप करते रहना, छपछपकी बराबर आवाज करना; छींटे उड़ाना; छिड़काना, छितराना; अस्पष्ट भाषा बोलना, मिन्न-मिन्न करना, गिटपिट-गिटपिट करना, गपड़-सपड़ बोलना, आँय-बाँय बकना; ~-dash कोलाहल, शोर, गुल-गपाड़ा।

splay १. n. झरी, ढाल, पताम (खिड़की या दरवाजेका); २. v.t. & i. (झरोखे या मोखेके लिए) बाहरी भागको टेढ़ा करना, ढालू बनाना; (मोखा, ताक या उसके हिस्सेका) टेढ़ा होना, ढालू होना; घोड़ेके कन्धेकी हड्डी उतार देना, जोड़ अलग करना, खिसका देना; ३. a. चौड़ा और चपटा, बाहरको मुड़ा हुआ (~ *mouth*; ~-foot n. & a. बाहरको निकले हुए चौड़े चपटे पैरवाला।

spleen n. प्लीहा, तिल्ली; आत्माकी क्षुद्रता, तुच्छता, द्वेष, ईर्ष्या, घृणा, अमर्ष, राग, कर्कशता, चिड़चिड़ापन, मलाल, बदमिजाजी (*a fit of* ~); ~wort प्लीहापर्णांग, प्लीहान्न, प्लीहा-रोग-निवारक एक बूटी।

spleenful a. क्षुद्र, तुच्छ, ईर्ष्यालु, कर्कशस्वभाव, चिड़चिड़ा, झल्ला, तुनुकमिजाज, बदमिजाज।

spleenish a. क्षुद्र-सा, तुच्छ-सा, ईर्ष्यालु, चिड़चिड़ा, बदमिजाज।

spleenishness n. ईषत्क्षुद्रता, किंचित्तुच्छता, कुछ बदमिजाज होना, बदतमीज-सा होना।

spleenitis n. प्लीहाशोथ।

spleenless a. प्लीहारहित, बेतिल्ली; द्वेषरहित, शान्त, विशालहृदय, उदार।

spleeny a. रुष्ट, क्रुद्ध, क्रोधयुक्त, कोपमय, चिड़चिड़ा, गुस्सेसे भरा, तुनुकमिजाज; दुःखी।

splendent a. (खनिज०, कृमि०) दीप्तिमान्, देदीप्यमान, उज्ज्वल, चमकीला, चमकदार, धातुकी चमकवाला।

splendid a. (बोल०) श्रेष्ठ, परम सुन्दर, अत्युत्तम, बहुत अच्छा, बहुत बढ़िया, शानदार (*a* ~ *chance of escape*); श्लाघ्य, प्रशंसनीय, विख्यात, महत्त्वशाली, गौरवशाली, भव्य, तेजस्वी, महान्, प्रभावशाली, ठाठदार, रौबदार (व्यक्ति); गुरु, गरिमापूर्ण, गौरवपूर्ण,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

वीरोचित, महत्त्वपूर्ण, अति महान्, विशाल, अतिसुन्दर, दीप्तिमान्, उज्ज्वल, सुप्रभ, अतिप्रभ, अतिशोभन, राजसी, बड़ा (~ *palace, gift*)।

splendidness n. श्रेष्ठता, परमसुन्दरता, अत्युत्तमता, बहुत बढ़िया होना, ऊँचे दर्जेका होना; श्लाघ्यता, प्रशंसनीयता, विख्याति, उत्तमता, महानता, प्रभावशालिता; गरिमापूर्णता, गौरवपूर्णता।

splendiferous a. (बोल०) देदीप्यमान, भव्य, श्रेष्ठ, अत्युत्तम, बढ़िया, शानदार।

splendour n. श्री, शोभाश्री, भव्यता, गरिमा, गौरव, विभव, विभूति, वैभव, विशालता, महानता, शान-शौकत, ठाट; प्रभा, आभा, दीप्ति, कान्ति, शोभा, प्रताप, उज्ज्वलता, तेज, चटक, चमक-दमक; तड़क-भड़क, आबताब; *sun in* ~ आभापूर्ण या प्रकाशमान् सूर्य।

splenectomy n. प्लीहा-अपच्छेदन, तिल्लीका चीरा।

splenetic १. n. प्लीहा रोगकी ओषधि; प्लीहारोगी; २. a. प्लीहाका, तिल्ली-सम्बन्धी; कर्कश, क्रोधी, वक्रशील, कोपन, कर्कश स्वभावका, खीजनेवाला, चिड़चिड़ा, झल्ला, तुनुकमिजाज, बदमिजाज।

splenic a. प्लैहिक, प्लैह, तिल्लीमेंका, तिल्लीका; ~ fever प्लीहा-ज्वर, प्लैहिक ज्वर, पशुओंका संक्रामक रोग।

splenitis n. प्लीहादाह, प्लीहा-प्रदाह, तिल्लीकी सूजन।

splenitive a. उत्तेजनशील, उत्तेजनामय, उत्साहपूर्ण, जोशभरा; सबल, बलयुक्त, बलमय, जोरदार।

splenius n. ग्रीवापेशी।

splenocele n. प्लीहावर्ध्म, तिल्ली-वर्ध्म, तिल्लीकी हार्निया।

splenoid a. प्लीहावत्, तिल्लीनुमा।

splenology n. प्लीहिकी, प्लीहा-विज्ञान, प्लीहाशास्त्र, तिल्ली-शास्त्र।

splenomegaly n. प्लीहावृद्धि।

splenotomy n. प्लीहाच्छेदन।

splice १. n. शिरोबन्धन, लकड़ीके टुकड़ोंका जोड़, दो रस्सियोंका जोड़; २. v.t. (रस्सियोंके) सिरोंको लड़ें गूँथकर जोड़ना, (लकड़ीके टुकड़ोंको) एक-दूसरेपर रखकर जोड़ना; (बोल०) विवाहकी गाँठ बाँधना, गँठबन्धन करना, गाँठ जोड़ना (*when did he* or *they get* ~*d ?*); *sit on the* ~ (क्रिकेट, आ०) सावधानीपूर्वक बचावका खेल खेलना, बहुत ही अधिक सावधानीसे बल्लेबाजी करना।

splicer n. शिरोबन्धक व्यक्ति या वस्तु; शिरोबन्धित्र, शिरोबन्धक यन्त्र, जोड़नेवाला।

spline n. काष्ठपट्टी, रबड़का फुट्टा; सीता, रन्ध्र।

splint १. n. लकड़ी आदिकी फलिका, काष्ठखण्ड, कमची, फाँस, कमठी या खपची;(मनुष्यकी) अनुजंघास्थि, विवला, पिंडलीके बाहरकी ओरकी हड्डी; (श० र० शा०) (~*bone* के अर्थमें) घोड़ेके आगेके पाँवोंकी उन दो हड्डियोंमेंसे एक (जो रानकी हड्डीके पीछे और उसके समीप होती है); (घोड़ेके आगेकी टाँगोंमें रानके पासकी हड्डीके रोगके कारण उत्पन्न) अर्बुद, मांसग्रन्थि, गाँठ, गिल्टी, गूमड़ा; २. v.t. (टूटे हुए अंगपर) कमठी लगाना, खपची बाँधना।

splinter १. n. काष्ठखण्ड, लकड़ी या पत्थर आदिका टुकड़ा, छीलन, चैली, चीप, छिपटी, खपची; २. v.t. & i. छिपटी उतारना या उतरना; छोटे-छोटे टुकड़े करना या होना, चिपटी बनाना या होना, पतली खपची फाड़ना या होना; ~-bar गाड़ीके आड़े डण्डे; ~-bone अनुजघास्थि, विवला, पिंडलीके बाहरकी ओरकी हड्डी; ~-proof स्पोटखण्ड-रोधी, बमोंके फटनेसे उड़नेवाले टुकड़ों या किरचोंसे बचानेवाली वस्तु।

splintery a. काष्ठखण्डोंका, छिपटियोंका; काष्ठखण्डवत्, चैली-जैसा, छिपटीवाला, खपचीदार, छिपटियाँ बनाने योग्य, चैलियोंके लायक।

split[1] n. दलोंमें विघटन, पृथक्करण, भेद, मतभेद, गुटोंमें फूट, बिगाड़; विभेद, विदर, विपाट, चीर, छेद, दरार, फटन, चटख, टूट; विदारण, चीरना, तोड़ना, फाड़ना; फौलाद बेंत आदिकी एक छड़; चिरा हुआ बाँस; चीरे हुए चमड़ेकी एक पर्त या तह; करघेकी कंघीकी छड़; लेमनेड या सोडेकी आधी बोतल, मद्यका आधा गिलास; (फेरो नामक ताशके खेलमें) बराबरके अंकोंके दो पत्तोंका निकलना (जिसमें शर्तें बँट जाती हैं); (pl.) धरतीपर दोनों भिन्न दिशाओंको टाँगें फैलाकर बैठनेकी विधि या बाजीगरका आसन (*do* ~*s*)।

split[2] १. v.t. & i. विरोधी दलोंमें विभाजित होना या विभाजित करना, (किसी प्रश्नपर) विरोधी गुटोंमें बँट जाना; भेद हो जाना, एका भंग होना या भंग करना; खण्डित करना, खण्ड-खण्ड करना, फाड़ना, अलग करना, भागोंमें बाँटना, अलग-अलग मोटाइयोंमें बाँटना (~ *it into three layers, the job, sum,* etc.); पाटन करना, विपाटन करना, विदीर्ण करना, चीरना, चिरना, टूटना, फटना; २. a. विपाटित, विभक्त, पाटित, फाड़ा हुआ, फटा हुआ, चिरा हुआ, खुला (~ *bamboo, nut*); ~-footed खण्डित-पाद, फटे पैरवाला; ~ grain दाल; ~ infinitive विभक्त क्रियार्थक संज्ञा (जब *to* और क्रियाके बीचमें कोई क्रियाविशेषण आ जाता है); ~ peas(e) मटरकी दाल; ~ ring विपाटित वलय, मुँहखुला छल्ला; ~ second विकलांश, निमिष, क्षण, पल, अत्यल्प समय; ~ shot, stroke ऐसी चोट या निशाना जिससे पास-पास रखी हुई लकड़ीकी दो गेंदें भिन्न-भिन्न दिशाओंमें चली जावें; *head is* ~*ting* (पीड़ासे) सिर फटा जा रहा है; ~ *hairs* सूक्ष्म आलोचन करना, सूक्ष्म विवेचन करना, बालकी खाल निकालना; ~ *on* (आ०) (अपने सहयोगीका) रहस्य प्रकट करना, भण्डाफोड़ कर देना, भेद प्रकट करना; ~ one's *sides* (या intr.) हँसते-हँसते लोटपोट होना, हँसते-हँसते पेटमें बल पड़ जाना; ~ one's *vote* प्रत्येक विरोधी उम्मीदवारको वोट देना, विरोधी उम्मीदवारोंमें अपने वोट (मतपत्रों) विभाजित करना; ~ *the difference* मध्यमान या बीचकी रकम लेना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

splitter n. विपाटक, विदारक, चीरनेवाला, फाड़नेवाला, तोड़नेवाला; side-~ विनोद, हँसी-मजाक; विनोदी, बहुत अधिक हँसानेवाला व्यक्ति।

splitting n. विपाटन, विदारण; side-~ बहुत अधिक हँसाना; बहुत अधिक हँसानेवाला; ~ headache तीव्र शिरोवेदना, बहुत जोरका सिरदर्द।

splodge n. दे० SPLOTCH.

splosh n. (बोल०) (पानीका) छपाका।

splotch, splodge nn. कलंक, लेप, निशान, धब्बा, दाग।

splotchy a. कलंकपूर्ण, धब्बेदार, दगीला, दागदार।

splurge n. कृत्रिमता, बनावटीपन, दिखावा।

splutter v.t. & i. & n. = SPUTTER.

spluttering n. प्रस्फुरण, फड़फड़ाहट।

Spode n. बढ़िया चीनीके बर्तन।

spoffish, spoffy aa. = FUSSY.

spoil[1] n. खात, कटान, कीचड़ निकालने आदिमें बाहर निकाली गयी या फेंकी गयी मिट्टी; युद्धमें शत्रुसे अपहृत द्रव्य, अपहरण, लूट, खसोट, लूटका धन; बटमारी; (ला०) उपयोग, जयांश, लाभ, फायदा, नफा, मुनाफा (जो किसी प्रतियोगितामें सफलतारूप प्राप्त हो); बरबादी, खराबी, बिगाड़; सरकारी नौकरीमें उपवेतन, ऊपरी आय, लाभ; प्रत्येक खिलाड़ीको पाँच पत्ते बाँटे जानेका ताशका खेल (~-*five*) में बराबरी; ~s system ⊙ पदपुरस्कार-व्यवस्था, सफलता-प्राप्त दलके समर्थकोंको सार्वजनिक पद प्रदान करनेकी पद्धति।

spoil[2] v.t. & i. (प्रा०, साहित्यिक) अपहरण करना, वंचित करना, बलपूर्वक ग्रहण करना, बलपूर्वक छीन लेना, लूटना, पार कर लेना, चोरीसे मार देना, चुरा लेना, छीन लेना, जबरदस्ती ले लेना; गुणोंको क्षीण करना, दूषित करना, विकृत कर देना, विशेषताओंको कम कर देना, भ्रष्ट करना, बिगाड़ देना, रंगमें भंग करना, खराब कर देना, मजा किरकिरा कर देना, तबाह करना (*was quite ~t by the rain*); लाड़ या प्यारसे आदत खराब कर देना (*spare the rod and ~ the child*); (फल, मछली आदिका) बिगड़ जाना, खराब होना, सड़ना, उबस जाना; (ला०, विनोद आदिके सम्बन्धमें) नीरस हो जाना, किरकिरा हो जाना, बदमजा हो जाना; ~-sport खेल बिगाड़नेवाला; *dog is ~ing for a fight* कुत्ता न लड़नेसे खराब हो रहा है अर्थात् लड़नेको इच्छुक है।

spoilage n. विकृत वस्तु, बिगड़ी हुई चीज, रद्दी माल, कूड़ा-कबाड़ा; (छपाई) विकृत पत्र।

spoiled a. विकृत, दूषित, मलिनीकृत, बिगड़ा हुआ (~ *stamps*); दुर्लालित (~ *child*)।

spoiler n. अपहारक, डकैत, डाकू, लुटेरा; गुणहारक, गुणोंको क्षीण करनेवाला; विघ्नकर्त्ता, रंगमें भंग करनेवाला; लाड़ करनेवाला, बिगाड़नेवाला; पंगु बनानेवाला, अपाहिज करनेवाला।

spoke[1] १. n. गाड़ीके पहियेको चढ़ाईमें नीचे लुढ़कनेसे रोकनेवाली बल्ली या आड़; अर, पहियेकी तीली या आरा, स्पोक; सीढ़ीका डण्डा; जहाज चलानेके चक्र या पहियेकी त्रिज्याकार मुठिया; २. v.t. (पहियेको) बल्ली या आड़की सहायतासे रोकना या थामना; आरा लगाना, तीलियाँ लगाना; ~shave दोनों ओर दो मुठियोंवाला आरा छीलनेका रन्दा; *put a ~ in* person's *wheel* (ला०) किसीके स्वार्थोंमें बाधा उपस्थित करना, कामोंमें रोड़ा डालना।

spoke[2] SPEAK का भूतकालिक रूप।

spoken SPEAK का भू० कृ०, कथित, उक्त।

spokesman n. (pl. *-men*) अधिवक्ता, प्रवक्ता, प्रतिनिधिवक्ता, मुखपात्र, किसीकी ओरसे बोलनेवाला, प्रतिनिधि, नुमाइन्दा।

spoliate v. i. & t. क्षति पहुँचाना, वंचित करना, लूटना-पाटना, लूटना-खसोटना।

spoliation n. अपहृत द्रव्य, अपहार, लूट, लूटपाट, डाका; लुण्ठन, लूटना; (ला०) उत्पीड़न, बलपूर्वक धनापहरण, सताना; (ईसा०) मिथ्या उपाधिके नाममें पादरीकी वृत्ति ग्रहण करना; (कानून) दस्तावेजका भ्रंश, नाश, परिवर्तन, बिगाड़ (ताकि वह प्रमाणके रूपमें प्रयुक्त न किया जा सके)।

spoliative a. वंचक, क्षति पहुँचानेवाला, ह्रास करनेवाला, लूटने-खसोटनेवाला, ले लेनेवाला।

spoliator n. संलुण्ठक, अपहारक, दस्यु, लुटेरा, लूटनेवाला; मिथ्यारूपसे पादरीवृत्ति लेनेवाला; विनाशकर्त्ता, मिटानेवाला, ले लेनेवाला।

spoliatory a. अपहरणकारी, अपहारी, लूटपाट-सम्बन्धी, लूटने या नष्ट करनेवाला।

spondaic a. दो दीर्घ अक्षरोंके छान्दिक चरणोंवाला।

spondee n. दो दीर्घ शब्दांश या अक्षरवाला छान्दिक चरण।

spondulicks ⊙ n. मुद्रा, रुपया-पैसा, धन-दौलत।

sponge[1]* n. जालक जीव, छिद्रिष्ठ, शरीरपर छेदोंवाला निम्न श्रेणीका (जलशोषक) जलजीव, स्पंज*; जलशोषक समुद्री पदार्थ-विशेष, स्पंजकी भाँति सोख लेनेवाली कोई वस्तु; स्पंजप्रदेश; स्पंजका अस्थिपंजर या ढाँचा; (ला०) पराश्रयी, परान्नभोजी, परावलम्बी व्यक्ति, रोटी तोड़, टुकड़ खोर; ~-cake एक रससिक्त कोमल पिष्टक, स्पंजकेक; *pass the ~ over* (अपराध या बुराईको) क्षमा कर देनेका समझौता करना, गलती भुला देना; *throw up the ~* (मुक्केबाज या उसके अनुगामीके द्वारा) तौलिया-जैसा स्पंज फेंकना; (ला०) मुष्टियुद्ध छोड़कर भागना, पराजय स्वीकार करना, मुक्केबाजीमें हार मानना;

~ bowl, ~-cloth, ~-fisher, ~ gourd, ~ iron, ~-like, ~ tree, ~ wood.

sponge[2] १. n. स्पंजसे झाड़-पोंछ, स्पंजसे सफाई, स्पंजद्वारा अवशोषण; स्पंजसे हलका स्नान (*had a ~ down*); चापलूसीसे काम निकालना; २. v.t. & i. स्पंजसे पोंछना, साफ करना; स्पंजसे (शरीरके अवयवों-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

पर) पानी निचोड़ना; स्पंजसे (लेख. ला० वस्तुकी स्मृति आदि) मिटा देना, पोंछ डालना, धो देना, साफ़ कर देना; स्पंजसे पानी सुखाना या सोखना, जज्ब करना; स्पंज (शोषक जलजीव) एकत्र करना, इकट्ठे करना, चाटुकारितासे प्राप्त करना, चापलूसी या खुशामदसे काम निकालना; ~ *on* पराश्रित होकर रहना, परान्नभोजीकी भाँति रहना, नीचतापूर्वक दूसरेपर निर्भर होना।

spongeous a. = SPONGY.

sponger n जलशोष-प्रयोक्ता, स्पंजसे पोंछनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); अन्नदास, परान्नभोजी, मुफ्तखोर, टुकड़खोर।

spongicolous a. जलजीवान्तर्वर्ती, जलशोषयुक्त, जलजीवमय, स्पंजदार।

spongiform a. स्पंज-जैसा, स्पंजके ढाँचेके समान।

sponginess n. स्पंजीयन, जलशोषकता, जलजीवसदृशता, स्पंज अवस्था; छिद्रिष्ठता, छिद्रपूर्णता, बहुच्छिद्रिलता; शोषणशीलता; नम्यता, लचीलापन, शिथिलता, पोलापन, झिरझिरापन।

sponging n. स्पंजसे पोंछना, सोखना आदि (क्रियागत अर्थोंमें); ~-house (इति०, प्रा० अर्थमें निचोड़ना) कुर्क अमीनका घर (जिसमें गिरफ्तार ऋणीको अस्थायी रूपसे रखा जाता था)।

spongioplasm n. कोशाजालिका, जालिद्रव्य।

spongiose, spongions aa. जलशोषवत्, जलजीव-सदृश, स्पंज-जैसा, स्पंजवाला।

spongologist n. स्पंजविद्याविद्।

spongology n. स्पंजविद्या, छिद्रिष्ठविद्या।

spongy a. स्पंजी, स्पंजकी भाँति; छिद्रिष्ठ, छिद्रपूर्ण, बहुछिद्रयुक्त और शोषणशील, सोखनेवाला (~ *texture*); शिथिल, नरम, मुलायम, पोला, झिरझिरा, लचीला गिलगिला (~ *cell, tissue*); शिथिलतः संलग्न, नरम, झिरझिरी (धातु); ~ bone मृदु अस्थि।

sponsal a. वैवाहिक, विवाह-सम्बन्धी, विवाह-विषयक; पति या पत्नी-विषयक, भार्या-विषयक, स्त्री-सम्बन्धी।

sponsion n. प्रतिभूति, जमानत, जामिनदारी; संविदा।

sponson n. जहाजके बड़े डाँड़के बक्सके आगे-पीछेका तिकोना चबूतरा या चौरस भाग; युद्धपोतमें एक ओरको निकला हुआ छज्जा।

sponsor १. n. प्रवर्तक, संस्थापक; धर्मपिता या धर्ममाता, शिशुके अभिषेककालमें धर्मशिक्षाका भार ग्रहण करनेवाला; उत्तरदायी, प्रतिभू, दूसरेका दायित्व अपनेपर लेनेवाला व्यक्ति, जमानतदार, जामिन; (प्रसार-कार्यक्रम में दिये गये) विज्ञापनोंका मूल्य चुकानेवाला विज्ञापनकर्त्ता; पुरस्कर्ता; २. v.t. प्रवर्त्तन करना, चलाना; उत्तरदायी होना, प्रतिभू बनना, जामिन होना; अपनी वस्तुओंके विज्ञापनोंका मूल्य चुकाना; पुरस्कृत करना।

sponsorial a. प्रतिभू-सम्बन्धी; प्रतिभू-जैसा; विज्ञापनकर्त्ताका, प्रवर्तकीय।

sponsoring a. प्रवर्ती, प्रायोजी (~ *authority*)।

sponsorship n. प्रवर्तकता; प्रतिभूत्व, प्रतिभूका पद, जामिनी, जमानत; विज्ञापनकर्तृत्व।

spontaneity, spontaneousness nn. स्वतःस्फूर्ति, स्वयंस्फूर्ति, स्वेच्छा, यदृच्छा, स्वतोभाव, स्वयंचालन, स्वतः प्रवृत्तिता, आत्मस्फूर्ति; स्वजन्म, स्वचालन; स्वयपरिवर्तन, स्वय-क्रियाशीलता; सहजता, नैसर्गिकता, स्वाभाविकता।

spontaneous a. ऐच्छिक, आत्मस्फूर्त, स्वतःप्रेरित, स्वयंस्फूर्त, स्वतःस्फूर्त, आत्मस्फुरित; मनमाना, अपने मनका, अपनी खुशीका (*made a ~ offer of his services*); स्वेच्छाचारी, यदृच्छ, स्वतःस्फूर्त, स्वेच्छाकृत, स्वेच्छाप्रणोदित, स्वेच्छाप्रसूत, स्वतोभावी, स्वाभाविक, अपने-आप करनेवाला या किया हुआ या होनेवाला; स्वचालित, स्वतःचालित, अनायास, सहज, अप्रयत्न-सम्भूत, अपने-आप होनेवाला, बिना किसी चेतन प्रयत्नके होनेवाला, खुदबखुद (~ *movement, change*) नैसर्गिक, प्रकृतिजात, स्वयंजात, अपने-आप उगनेवाला; सहज, स्वाभाविक, अकृत्रिम, मुक्त (अगसंचालन, हावभाव); (प्राणि०) (पौधोंके आकार-सम्बन्धी परिवर्तनों तथा छोटे जीव-जन्तुओंकी पेशियोंकी क्रियाओंके सम्बन्धमें) स्वयंक्रिय, स्वयंपरिवर्तित, स्वभावसिद्ध, प्राकृतिक, स्वयंवर्धित; ~ generation निर्जीव पदार्थसे सजीवकी उत्पत्ति, स्वयं जन्म;

~ application, ~ delivery, ~ growth, ~ suggestion.

spontaneousness n. दे० SPONTANEITY.

spontoon n. (इति०) संगीन, तलवार।

spoof १. n. छल, कपट, धोखा, ठगी, झाँसा, चकमा, दगा; (गुणवा०) कल्पित, मिथ्या, रचा हुआ, मनगढ़न्त, झूठा; २. v.t. छल करना, कपट-व्यवहार करना, धोखा देना, ठगना, बुद्धू बनाना, झाँसा देना, चकमा देना, जाल करना।

spoofer n. वंचक, लम्पट, ठग, जालसाज़।

spoofing ⊙ n. झाँसा, छलना या धोखा देना।

spook n. (हास्य०) प्रेत, भूत, पिशाच।

spookish, spooky aa. प्रेत-सम्बन्धी, प्रेतवत्, भुतैला, भूत-जैसा।

spool[1] १. n. बलनी, फोटोके फिल्म आदिकी चरखी, तागा लपेटनेकी रील, फिरकी, परेता; २. v.t. फिरकीपर लपेटना।

spoom v. i. वायुवाहित होना, हवाकी दिशामें चलना।

spoon[1] v. i. = SPOOM.

spoon[2]* १. n. स्रुव, कम्बी, चम्मच, चमचा, चमस*, डोई (*tea, dessert, table, ~*); चम्मचके आकारकी कोई वस्तु; २. v.t. & i. चम्मचसे उठाना या निकालना; धातुलगे चारेसे मछली मारना; (croquet नामक गेंदके खेलमें) गेंदमें धक्केकी चोट लगाना; (क्रिकेट) गेंदपर धीमी चोट लगाना, बल्लेसे गेंदको उछालना, हल्केसे मारना, ~beak, ~-bill दर्वीमुख, चम्मचदार चोंचवाला पक्षी; ~-fed (ला०; सरकारी आर्थिक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

सहायता या आयात-करों द्वारा) अस्वाभाविक रूपसे प्रोत्साहित (उद्योग-धन्धे); ~-meat रसीला खाद्य, तरल खाद्य, बच्चोंका दूध, लपसी (ला० भी);
~-backed, ~-billed, ~ drift, ~-ended spatula, ~-formed, ~ maker, ~-shaped, ~wise.

spoon[2] १. n. आसक्त कामुक, बुद्धू प्रेमी, रसिया; (ग्रा०) बुद्धू, भोंदू, गोबरगणेश, उल्लू; २. v.t. & i. कामुक-जैसा व्यवहार करना, (लड़की आदिके प्रति) प्रेमी जैसा व्यवहार करना, डोरे डालना, इश्कबाजी करना; *be ~s on* प्रेममें पगला जाना, बुद्धू बनना, उल्लू बन जाना।

spooner(ism) n. दो या अधिक शब्दोंके आरम्भिक अक्षरोंका आकस्मिक स्थानान्तरण या हेरफेर, स्पूनरवाद।

spoonful n. कम्बीमात्र, चम्मच भर, चमचा भर, एक चम्मच (परिमाण); थोड़ा।

spooniness n. कामुकता, भावुकता, रसिकता, विलासीपन; मूर्खता, भोंदूपन, बुद्धूपन।

spoony १. n. बुद्धू; बुद्धू प्रेमी, दिलफेंक; २. a. (ग्रा०) कामुक, भावुक, आसक्त, रसिक, विलासी, प्रेमी, शृंगारप्रिय, मधुर, रसिया; सरल, मूर्ख, सीधा, बुद्धू, भोंदू।

spoor १. n. पशुका गमनचिह्न, पदचिह्न, पशुगन्ध, पशुके पैरका निशान या बास; २. v.t. & i. पशुकी गन्ध या उसके चिह्नको देखकर खोज लगाना, पीछा करना।

spoorer n. खोजी, पशुकी गन्ध या उसके पदचिह्नसे पता लगानेवाला, खोजनेवाला।

sporadic a. क्वाचित्क, यदाकदाभावी, एकल, असामूहिक, यत्रतत्रघटित, विकीर्ण, विक्षिप्त, छिटफुट, कहीं-कहीं, जहाँ-तहाँ, कभी-कभी, किसी-किसी जगहपर होनेवाला (*~ disease*), बिखरा हुआ, पृथक्, अलग, इक्का-दुक्का।

sporadical a. (क्व०) कहीं-कहीं पाया जानेवाला।

sporadicalness n. यत्रतत्र घटित होना, पृथक्ता, बिखरापन, छिटपुटपुन, इक्का-दुक्कापन।

sporangium n. जीवाणुकोष।

spore n. (प्राणिवि०) जीवाणु, प्रांगारिक लघु पिण्ड; (वन०, पुष्पहीन पौधोंमें) रेणु, स्वायत्त कण, बीजाणु, स्पोर, स्वतन्त्र कोशिका (*~ formation*); (ला०) कीटाणु या बीज।

sporicidal a. बीजाणुघाती।

sporiferous a. बीजाणुजन, बीजाणुभर।

sporification n. छिद्रीकरण, सच्छिद्रीकरण, छेदयुक्त बनाना।

sporigenous a. बीजाणुजन (*~ tissue*); छिद्रक, छिद्रकारी, छेद बनानेवाला।

sporogony n. बीजाणुजनन।

sporophore n. (वन०) बीजाणुधर।

sporophyll n. बीजाणुपत्र।

sporran n. सजावटी थैला (जिसे हाईलैण्डर सिपाही अपने घाघरेके सामने लटकाये रखते हैं)।

sport १. n. आखेट, मृगया, क्रीड़ा, मनोरंजन, खेल, मनबहलाव, दिलबहलाव; मनोरंजनके साधन या मैदान-के खेल; विनोद, परिहास, हास-परिहास, आमोद-प्रमोद, मनोविनोद, मनोरंजन, हँसी खुशी, हँसी-मजाक, लीला, विलास, आनन्द; विडम्बना; (ग्रा०) अच्छा व्यक्ति, भला आदमी; खिलाड़ी, खेल और शिकारका शौकीन; अपनी जातिसे भिन्न रूपमें उगा हुआ पौधा या भिन्न पशु; २. v.t. & i. आमोद करना, कौतुक करना, किलोल करना, खेलना, अपना मनोरंजन करना, अपना जी बहलाना, खेल-तमाशेमें लगना; प्रदर्शन करना, बन-ठनकर रहना, दिखावा करना, भड़कीले कपड़े पहनना (*~ed a gold tie-pin*); (वन०, जन्तुवि०) विचित्र पौधा या पशु उत्पन्न करना, विचित्र आकारका पौधा या पशु होना; *~s coat, jacket* खेलोंमें पहननेका कोट या जैकेट; *~sman, ~swoman* शिकारी, खिलाड़ी, लुब्धक, व्याध, अहेरी, बन्दूक चलाने या मछली मारनेमें रुचि रखनेवाला पुरुष या स्त्री; (ला०) जीवनका खिलाड़ी, जीवनको एक खेल समझनेवाला व्यक्ति; निर्भय व्यक्ति, निर्भीक खिलाड़ी, साहसी पुरुष या स्त्री; *~smanlike* खिलाड़ीके योग्य, जीवनके खिलाड़ी-जैसा, शिकारीका-सा; *~smanship* n. शिकार और खेलमें रुचि और शौक; क्रीड़ाकौशल, खिलाड़ी योग्यता, खिलाड़ीपन; *be the ~ of Fortune* etc. भाग्यका खिलौना होना, किस्मतके हाथमें होना; *have good ~* अच्छा शिकार मार लेना, खूब शिकार कर लेना; *in ~* विनोदमें, हँसी-मजाकमें, दिल्लगीमें; *make ~ of* विनोदपूर्ण व्यवहार करना, हँसी करना, ठट्ठा करना, मजाक बनाना, दिल्लगी करना।

sporter n. आखेटक, मृगयाशील व्यक्ति, शिकारी; विनोदक, परिहासक व्यक्ति, मनोरंजक व्यक्ति, हास-परिहास करनेवाला आदमी; क्रीड़क, खिलाड़ी।

sportful a. सविनोद, परिहासमय, मनोविनोदमय, मनोरंजनयुक्त, हँसी-मजाकवाला।

sportfulness n. विनोदिता, परिहासमयता, मनो-विनोदमयता, मनोरंजन, मनोविनोद, हँसी-मजाक, अठखेली, चुहुलबाजी।

sporting a. क्रीड़ापर, खेलनेवाला, खेलका शौकीन; शिकारी, खेलका, शिकारका;
~ ammunition, ~ conduct, ~ dog, ~ lease, ~ paper, ~ terms.

sportive a. केलिप्रिय, क्रीड़ाप्रिय, क्रीड़ाशील, आमोद-कारी, विलास-प्रिय, विनोदी, प्रफुल्ल, खेलनपर, चपल, चंचल, खिलाड़ी।

sportiveness n. क्रीड़ाप्रियता, रंगप्रियता, विनोद, प्रफुल्लता, खेलनपरता, चपलता; चंचलता, चुहल, खेल।

sportless a. विनोद-विहीन, परिहास-विहीन, मनो-विनोदरहित, मनोरंजनरहित, बिना हँसी-मजाक।

sporty a. = SPORTIVE.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

sporular a. बीजाणु-सम्बन्धी, बैजाणुक ।
sporulation n. बीजाणु-निर्माण ।
sporule n. बीजाणुक, छोटा स्पोर ।
spot[1] n. निश्चित स्थल, भूमि, स्थान या स्थिति, मुकाम, मौका, खास जगह (*dropped it on this precise ~*); तत्स्थाने, तैयारी (*~ cash, cotton*); गोलाकार चिह्न, धब्बा, अंक, बिन्दु. टीका, गोल निशान, दाग, तिल, मसा, चित्ती (*~ plate*); (ला०) कलंक, चारित्रिक धब्बा, लांछन, दोष, दाग, ऐब (*without a ~ on his reputation*); (बिलियर्ड खेलमें) बिलियर्डकी मेजके बीचोबीचका काला चिह्न; किसी वस्तुकी अल्प मात्रा (*a ~ of leave, lunch*); चिह्नित अश्व, निशान लगा हुआ घोड़ा; (ग्रा०) जीतनेवाले पर चिह्न लगानेका कार्य; स्पॉट मछली या पालतू कबूतरकी एक जाति; ~-bellied पृथोदर; ~bill घर्घर हंसक (पक्षी); ~ goods उपस्थित वस्तुएँ, तत्स्थान वस्तुएँ; ~light ⊙ (रंगमंच) विशेष पात्रपर फेंका गया प्रकाशपुंज या इसी अभिप्रायके लिए प्रयुक्त प्रकाशक्षेपक यन्त्र; ~-stroke बिलियर्डकी मेजके काले चिह्नपर रखी हुई लाल गेंदको पाकिटमें डालना; *a tender ~* (ला०) मर्मस्थल, मर्मभेदी विषय, चुभनेवाली बात; *on the ~* तत्काल, तत्स्थान, इसी स्थानपर, यहीं, उसी समय और वहीं, इसी ठिकाने, हाल ही, फौरन; जागरूक, बहुश्रुत, जानकार, उपयुक्त ढंगसे खेलनेवाला, अच्छा खिलाड़ी (व्यक्ति); *put on the ~* (ग्रा०) (अमरीकामें) किसीकी हत्याका निर्णय देना, कत्लका फैसला करना; *upon the ~* तुरन्त ।
spot[2] v.t. & i. (वस्तुओं आदिका) दागी होना, दागदार होना; (शा०) चिह्नित करना, धब्बा लगाना, चित्तियाँ डालना, दाग लगाना, दागी करना; (ला०) (चरित्र आदिपर) कलंक लगाना, कलंकित करना, दोष लगाना, धब्बा लगाना; (बोल०) (दौड़में जीतनेवाले व्यक्ति या घोड़ेको) चिह्नित करना, अलग करना, चुन लेना; (गुणावगुण) भाँप लेना, पता लगा लेना, जान लेना, मालूम कर लेना; (सेना०) शत्रुकी स्थितिका निर्देश करना ।
spotless a. बिन्दुरहित, बिना चित्तीका; निश्चितस्थानरहित; चिह्नरहित, बेनिशान, बेदाग; (ला०) अकलंक, निष्कलंक, निष्पाप, विशुद्ध, अमलिन, निर्मल, स्वच्छ ।
spotlessness n. निष्कलंकता, कलंकहीनता, निर्मलता, पवित्रता, स्वच्छता ।
spotted a. बिन्दुकित, धब्बेदार, चित्तीदार, चितकबरा, चितला; ~ dove चित्र कपोतक, चित्तीदार फाख्ता; ~ fever मस्तिष्क-मेरु-ज्वर, मस्तिष्क-मेरुमज्जा-प्रदाह; ~ deer, ~ dog, ~ hyena, ~ rock, ~ sickness, ~ white.
spottedness n. कलंकितता, धबीलापन, दागीपन, दागदारी ।
spotter n. स्थित्यन्वेषक, भेदिया, शत्रुके स्थानका पता लगानेके लिए भेजा जानेवाला उड़ाकू; इस प्रकारका प्रशिक्षण-प्राप्त व्यक्ति ।
spottiness n. शबलता, चित्र-विचित्रता, रंग-बिरंगापन, चित्तीदार होना, चितकबरापन ।
spotting n. स्थित्यन्वेषण; बिन्दुकरण ।
spotty a. शबल, चित्र-विचित्र, रंग-बिरंगा, चित्तीदार, चितकबरा, धब्बेदार, दागदार ।
spousal[1] n. परिणय, पाणिग्रहण, विवाह, शादी ।
spousal[2] a. परिणय-विषयक, पाणिग्रहण-सम्बन्धी, वैवाहिक, विवाह-सम्बन्धी, शादीका ।
spouse n. वर या वधू, पति या पत्नी, भर्ता अथवा भार्या, स्वामी या स्त्री, विवाहित जोड़ी ।
spouseless a. अपरिणीत, अपाणिगृहीत, अविवाहित, अनब्याहा ।
spout १. n. तुण्ड, पनाली, नाली, टोंटी; ओष्ठ; (तरल पदार्थका) वेग, धारा, फुहारा; (गल्लेका) गिराव; नल, बम्बा; (*~-hole* के अर्थमें भी) ह्वेल मछलीका नथुना; २. v.t. & i. वेगके साथ निकलना या निकालना, तेज धारमें बहना या बहाना, झारे या फुहारेमेंसे छोड़ना, फुहारेकी तरह छूटना या छोड़ना (*blood ~s from wound*); व्याख्यान झाड़ना, आडम्बरपूर्ण ढंगसे (कविताओंका) पाठ करना, बड़े जोर-शोरसे बोलना; (ग्रा०) बन्धक रखना, गिरवी रखना ।
spouter n. फव्वारा छोड़नेवाला; जोरसे भाषण देनेवाला या पाठ करनेवाला ।
spoutless a. बिना नालीका, बेटोंटीका; झाराहीन; बिना बम्बेका ।
sprack a. स्फूर्तिमय, उत्तेजित; सावधान, चौकन्ना; प्रफुल्ल, सोल्लास, मगन ।
sprag[1] n. (बोली) सामन मछली ।
sprag[2] n. निरोध, निरोधकाष्ठ, गाड़ीका पहिया रोकनेका लकड़ीका टुकड़ा या अन्य कोई अड़गोड़ा ।
sprain १. n. अतिवितान, अतिक्षेप, सन्ध्यभिघात, मोच, मरोड़; २. v.t. (टखने या कलाई आदिको) जोरसे मरोड़ देना, मोड़ना, मोच ला देना; थका मारना ।
sprang SPRING का भू० काल ।
sprat १. n. नलमीन, सामुद्रिक तल मत्स्य, खाद्यकी भाँति प्रयुक्त यूरोपकी एक छोटी मछली; दूसरी स्प्रैट मछलियाँ; (हास्य) निर्बल शिशु, दुबला-पतला बच्चा; २. v. i. स्प्रैट मछलीका शिकार करना या उसे मारना; ~-day नलमत्स्य-दिवस (९ नवम्बर); *throw a ~ to catch a herring* या *mackerel* या *whale* अधिककी प्राप्तिके लिए थोड़ी-सी हानि उठा लेना ।
spratter n. स्प्रैट मछलीका मारनेवाला या शिकारी ।
spratting n. स्प्रैट मछलीका शिकार ।
sprawl १. n. अव्यवस्थित प्रसार, अक्रम कुविस्तार (गति या प्रवृत्ति), बेकायदा फैलाव; २. v.t. & i. (सेनाकी टुकड़ियोंको) अव्यवस्थित ढंगसे फैला देना; (रचना, पौधे आदिका) अक्रम होना, विचित्र रूपमें बढ़ना, गलत ढंगसे फैलना, बिखरना, बेकायदे फैलना; अपना शरीर फैलाना, अँगड़ाई लेना, लोटना, लापरवाहीसे बेढंगेपनसे हाथ-पैर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

फैलाना, बेतुके ढंगसे फैलाना या पसारना।

sprawly a. अक्रम, वक्राकृति, टेढ़ी-मेढ़ी आकृतिका।

spray[1] n. पुष्पपत्रसज्जित अलंकार या आभूषण; प्रांकुर, प्रशाखिका, क्षुद्र शाखा, पुष्पपत्रयुक्त शाखा या टहनी, पतली सुन्दर डाली, कोंपल, सांटी।

spray[2] १. n. तुषार, सीकरसमूह, लहरोंपरके जलकण, सीकर, छिड़काव, बौछार, फुहार, छींटे; इस प्रकारसे किसी यन्त्रसे छिड़का जानेवाला औषधीय या अन्य तरल पदार्थ; २. v.t. फुहारके रूपमें (तरल पदार्थको) छिड़कना, फुहार डालना, बूँद-बूँद छिड़काव करना;

~-bath, ~ bellows, ~ carburetor, ~ cleaning, ~ drying, ~ irrigation, ~ machine, ~ painting, ~ tube.

sprayer n. सीकरक, सीकर यन्त्र, सीकरी, फुहारा, झारा, झजारा।

sprayey[1] a. शाखामय, सुन्दर-शाखायुक्त, सुन्दर शाखाओंवाला।

sprayey[2] a. सीकरपुंज-सा, तुषारीय, सीकरयुक्त, फुहारभरा, फुहार-सा।

spraying n. सीकरण, फुहरन, छिड़काव।

spread[1] n. अभिवृद्धि, प्रतान, विस्तृति, विस्तार, फैलाव, फैलाना; विस्तारक्षमता, फैलानेकी योग्यता (*inferior to the eagle in ~ of wings*); परिधि, घेरा, चौड़ाई (*arches of equal ~*); शरीरका बढ़ा हुआ घेरा (*middleaged ~*); (शिक्षा आदिका) विस्तार, प्रसार; (बोल०) भोजन, प्रीतिभोज, खाना-पीना, दावत (*had no end of a ~*); चादर (*bed-~*); (वाणिज्य०) बनाने और बेचनेके मूल्योंका अन्तर ⊙।

spread[2] v.t. & i. विस्तरण करना, विस्तृत करना, प्रसार करना, प्रसारित करना, आच्छादित करना, फैलना, बिछना, बिछाना, तानना, बढाना (*peacock ~s its tail*); (ला०) आँखोंके सामने प्रदर्शित करना, प्रत्यक्ष करना, प्रस्तुत करना, प्रकट करना, नजरके सामने लाना; विस्तार प्रकट करना, व्यापक फैलाव दिखाना (*river here ~s out to a width of half a mile*); प्रचारित करना, प्रकाशित करना, फैलाना (*his name ~ fear in every quarter*); आच्छादित करना, छा लेना, छा जाना, फैलना; लगाना (*slices of bread ~ with jam*); ~ eagle n. (सिक्कोंपर पायी जानेवाली) पैर और पंख फैलाये हुए गरुड़ (उकाब) की आकृति; एक ही समयमें आगे-पीछे बढ़ने-हटनेकी दोनों ओरकी स्केटिंगकी गति; (बोल०) पीठकी ओरसे चीरा हुआ और भूना हुआ पक्षी; (नौवि०; दण्डके रूपमें) जहाजकी रस्सियोंसे बँधा हुआ आदमी (कि हाथ और पाँव इधर-उधर फैले हों); ~-eagle a. बड़ी-बड़ी बातें मारनेवाला, बड़बोला, दूरकी हाँकनेवाला, शेखीखोरा; ~-eagleism दम्भपूर्ण देशभक्ति, डींगभरी राष्ट्रीय भावना, डींग, बड़बोलापन; ~-over (system) लचीली प्रणाली (जिसमें कामके वर्जित घण्टोंको भी विशेष आवश्यकता पड़नेपर प्रयोग करनेकी व्यवस्था हो); ~ *on* ⊙ तथ्य-संग्रह करना, संचय करना।

spreader n. विस्तारक, प्रसारक, प्रसारवर्धक, फैलानेवाला, तानेवाला, बिछानेवाला; (ला०) प्रदर्शक, प्रत्यक्षकर्त्ता।

spreading १. n. विसर्पण, वितति, फैलाव; प्रवर्धन; २. a. व्याप्निशील, विस्तृतिशील, विस्तारी, प्रसर्पी, फैलनेवाला, फैलानेवाला; प्रवर्धी।

spree १. n. क्रीडाकौतुक, आनन्दोत्सव, आमोद-प्रमोद, रंगरास, पानोत्सव, पानोल्लास, रंगरेलियाँ; २. v. i. क्रीडाकौतुक मनाना, पानोल्लास मनाना; *is on the* ~ पानोत्सव मना रहा है, रंगरेलियोंमें है।

sprent v.t. छिनकारना, छिड़कना।

sprig १. n. टहनीके आकारका आभूषण; शाखिका, क्षुद्र शाखा, छोटी शाखा, प्रांकुर, टहनी, कल्ला, कोंपल, फुनगी; बेसिरकी छोटी कील; (प्रायः अपमान०) युवक, युवाजन, नौजवान (*who is this ~?*); वंशधर, सन्तान; २. v.t. & i. बेलबूटोंसे सजाना, टहनियोंसे सजाना (*~ged muslin*)।

spriggy a. शाखामय, टहनियोंवाला।

spright n. = SPRITE.

sprightful a. = SPRIGHTLY.

sprightless a. अहृष्ट, अप्रफुल्ल, असफूर्त, अनुल्लसित, अप्रमुदित, अप्रसन्न, अनुत्साही, अजीव, मुर्दादिल, बेजान।

sprightliness n. हर्ष, प्रहर्ष, प्रफुल्लता, उल्लास, स्फूर्ति, उत्साह, सजीवता, प्रसन्नता, जिन्दादिली, तेजी।

sprightly a. हर्षित, प्रफुल्ल, स्फूर्तिवान्, उल्लसित, सोल्लास, प्रमुदित, प्रसन्न, आनन्दी, मगन, उत्साही, सजीव, छबीला, खुशमिजाज, जिन्दादिल।

spring[1]* n. वसन्त* ऋतु, बहार (*~-frost*); उत्स, स्रोत, सोता, निर्झर, झरना*, चश्मा; (पानी या मिट्टीके तेलका) इस प्रकारका कुआँ (*hot, mineral, ~s*); कूद, उछाल, छलाँग, चौकड़ी, कुदान, फलाँग (*took a ~*); स्कन्द, कमानी*, स्प्रिंग (*~ balance, knob, steel*); लपक, लौट, पलटा, पीछेकी गति; स्थितिस्थापकत्व, लचक, लचीलापन, लचन; स्थापकत्व, प्रत्यस्थता (*his muscles have no ~ in them*); (ला०) उद्भव, उत्प्लव, उदय, उत्पत्ति; अभिप्राय, ध्येय, उद्देश्य, हेतु, स्रोत, मूल, उत्पत्तिस्थान (*the ~s of life*); ~-board छलाँग मारनेकी पटिया, कूदनेका कमानीदार तख्ता; ~ gun चोरबन्दूक, स्प्रिंगदार बन्दूक; ~-halt चलनेमें घोड़ेको पिछली टाँगका झटका; ~ tide उत्तुंग वेला, अमावस्या या पूर्णमासीके बादका भरा ज्वार; ~time वसन्त ऋतु।

spring[2] v.t. & i. (*up, out, over, away* आदिके साथ) वेगके साथ निकलना, उछाल लेना, उछलना, लपकना (*branch sprang back*); चौकड़ी भरना, छलाँग मारना, उछलना-कूदना, तेजीसे एकाएक बढ़ना; अस्तित्व ग्रहण करना, प्रकट होना, प्रत्यक्ष होना, उत्पन्न होना, फूटना, उठना, निकलना, उगना (*a breeze sprang up*); आ टपकना, एकाएक आ जाना (*where*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

do or *did you* ~ *from ?*); (लकड़ीका) टेढ़ा होना या कर देना, ऐंठना या ऐंठा देना, फट जाना, तड़क जाना, चटख जाना (*bat is* or *has sprung*); चीरना, फाड़ना; (मोटरगाड़ियोंमें) कमानियाँ या स्प्रिंग लगाना; अप्रत्याशित रूपसे विकसित करना, अचानक कोई बात छेड़ना, एकाएक उत्पन्न करना, एकाएक कर बैठना; चौंक उठना, चौंकाना; (आखेट योग्य पशुको) उसके छिपे स्थानसे हाँकना, उसकाना; ~ *a butt* (नौवि०) प्रचण्ड या दुर्गम सागरमें परिश्रमके कारण जहाजकी पटियाके सिरेका खुल जाना या ढीला होना; ~ *a leak* (नावमें) पानी भरने लगना; ~ *on* झपटना; ~ *the* or *her luff* पवनके समीपी पतवार और पालके अनुकूल होकर चलना।

springald n. युवक, युवा, जवान।

springbok n. (दक्षिणी अफ्रीकाका) गिजाल नामक छोटा सुन्दर हिरन।

springe n. छोटे शिकार (आखेट-जन्तु) के लिए पाश, जाल, फन्दा, लासा।

springer n. उछलनेवाला, लचकनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); पौधा; (स्था०) महराबका सीधा सिरा (जहाँसे गोलाई शुरू होती है); इस सिरेका सबसे नीचेका पत्थर; छज्जे या माँगका सबसे नीचेका पत्थर; महराबदार छतकी डाट; एक प्रकारका समुद्री स्तनपायी जन्तु; दक्षिण अफ्रीकाका गिजाल (विशेष जातिका हिरन)।

springiness n. स्कन्दवत्ता, लचनशीलता, लचीलापन।

springing १. n. स्कन्द-व्यवस्था, स्प्रिंग लगाना; २. a. कुदानवाला, कुदक्कड़।

springless a. वसन्तहीन; (जल) स्रोतहीन; लचनहीन, बेलचक; कमानीरहित, बेकमानी; उद्देश्यहीन, अभिप्राय-हीन, (विचार) स्रोतहीन।

springlet n. छोटा सोता या झरना।

springlike a. वसन्त जैसा; कमानी-जैसा।

springy a. (गति या पदार्थके सम्बन्धमें) स्थितिस्थापक, स्कन्दवान्, कमानीदार, संकोच-प्रसारशील, लचनशील, लचीला, लचकदार।

sprinkle १. n. (वर्षा आदिकी) फुहार, बूँदाबाँदी; २. v.t. & i. (तरल पदार्थ, कण, राख आदिका) बिन्दुपात करना, सेचन करना, छोटे-छोटे कणों या बूँदोंमें बिखेरना, छिड़कना, छींटना. भुरकना; (तरल पदार्थका) इस प्रकारसे बिखरना, गिरना; (धरती या किसी पदार्थको) छिड़कावके योग्य बनाना।

sprinkler n. सेक्त्र, सेचक, छींटनेवाला, छिड़कनेवाला, झारा, हजारा।

sprinkling n. आसेचन, छींटना, छिड़काव, भुरकाव, छींटा (~ *filter*); (ला०) अल्प परिमाण, किंचित् मात्रा, अल्प संख्या, कोई-कोई, छिटपुट; ~ wagon ⊙ पानीकी गाड़ी, पानी छिड़कनेवाली गाड़ी।

sprint १. n. तेज दौड़; २. v.t. & i. पूर्ण वेगसे (विशिष्ट दूरीतककी) दौड़ दौड़ना, सरपट दौड़ना, पूरी रफ्तारसे छोटी दौड़ दौड़ना।

sprinter n. पूरी रफ्तारसे छोटी दौड़ दौड़नेवाला।

sprit n. मस्तूलसे पालके ऊपरी बाहरके कोने तक कर्ण-रूपमें फैला हुआ छोटा बाँस या बल्ली; ~sail उपर्युक्त बाँसके सहारे फैला हुआ पाल।

sprite n. प्रेत, भूत, वेताल, जिन, रूह।

sprocket n. दन्ती, चक्रदन्त, घेरा, पहियापरका दाँता, स्प्रॉकेट (जिसपर चेन चढ़ी रहती है)।

sprout १. n. प्ररोह, पल्लव, प्रांकुर, मंजरी, कोंपल, अँखुआ, सुवा, डाभ, कल्ला; २. v.t. & i. अकुरित होना, अँखुआ निकलना, उगने लगना, फूटना, कल्ले निकलना, कलयाना; अंकुरित करना, पल्लवित करना, मंजरी आना, बढ़ाना, जमाना, उपजना; निकल आना, ऊपर निकलना, उग आना, उठना।

sprouted a. अंकुरित, पल्लवित, स्फुटित (~ *horns, seeds*)।

sprouting n. ऊद्भेद, अंकुरण, उगाव।

spruce[1] n. (~ *fir* भी) प्रसरल, सनोबर वृक्षकी जातियाँ; झाऊ; ~-beer सनोबरकी शराब, स्प्रुस बियर।

spruce[2] १. v.t. अपनेको स्फूर्तिवान् बनाना, फुर्तीला करना; स्वच्छ रखना, सँवारना, सजाना; २. a. स्फूर्त, चुस्त, फुर्तीला; सुसज्जित, स्वच्छवेशधारी, बाँका, छबीला, अलबेला, सजा-सँवारा, बना-ठना, साफ-सुथरा।

spruceness n. स्वच्छवेशपूर्णता, सुसज्जित रूप, सज्जा, सजाव-सिंगार, ठाटबाट, छैलापन, अलबेलापन; स्फूर्ति, फुर्ती, चुस्ती।

sprue[1] n. आवाल; नाली या छेद; नालीमें पिघलकर बहती हुई धातु।

sprue[2] n. आमातिसार, संग्रहणी; मुखक्षत (उष्ण प्रदेशों-का एक रोग)।

spruit n. (दक्षिणी अफ्रीकामें) छोटा जलमार्ग।

sprung SPRING का भू० कृ०।

sprunt[1] n. उत्पतन, उछाल, कूद।

sprunt[2] v. i. उछलना, कूदना।

spry a. कर्मठ, सक्रिय, सजीव, जीवन्त, स्फूर्त, फुर्तीला, तेज।

spud १. n. खुरपा, खुरपी, घास निरानेका छोटा फावड़ा; ठिगना आदमी; कोई छोटी-मोटी चीज; (ग्रा०) आलू; २. v.t. अनावश्यक पौधोंको उखाड़ना, खुरपेसे खेत निराना।

spuddle v. i. (बोल०) इधर-उधर खोदना, हल्के-हल्के खोदना, गोड़ना।

spuddy a. छोटा-मोटा।

spue v.t. & i. निर्गीर्ण करना, वमन करना, उगलना, उकलाना।

spume १. n. झाग, फेन; २. v. i. झाग उठना, फेनिल होना, फेन उठना; v. t. झाग उड़ाना।

spumescence n. झगीलापन, फेनिलता, फेनीलापन।

spumescent a. झगीला, झागदार, फेनिल-सा।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

spumiferous a. फेनिल, सफेन, फेनयुक्त, फेनदार, झागदार।

spuminess n. फेनिलता, फेनायितता, झागदार होना।

spumous a. फेनयुक्त, झगीला, झागदार, झागभरा, फेन-सम्बन्धी, फेनवाला।

spumy a. फेनायित, फेनिल, झागदार।

spun SPIN का भू० कृ०, कत्तित, काता हुआ (~ *gold, yarn*)।

spunge n. SPONGE का प्राचीन रूप।

spunk n. क्रोध, आवेश, जोश, चिड़चिड़ापन, गुस्सा; उत्साह, ओज, आत्मबल, साहस, जीवट, तेज, दम, दिलेरी; दियासलाई (की लकड़ी)।

spunky a. उग्र, क्रोधी; साहसी, जीवटवाला, दमदार।

spur १. n. (ला०) उत्साह, उत्तेजना, प्रेरणा, बढ़ावा, उकसावा; पादायुध, पक्षायुध, अश्वताड़िनी, घुड़सवारकी एड़ीका नोकदार चुभनेवाला काँटा या चुभना, एड़; उपांगुष्ठ, एड़के आकारकी वस्तु; कण्ट,पदकण्ट,लोहेकी नोक, काँटा; मधुदीर्घा, फूलका बाहरको निकला हुआ भाग; शैलबाहु, बाहुकूट, पर्वतमाला; चहारदीवारीके भीतरके भागसे मिलनेवाली दीवार; २. v.t. & i. (किसी व्यक्तिको) उत्तेजित करना, प्रेरित करना, उकसाना, काम करनेके लिए बढ़ावा देना; (घोड़ेको) एड़ लगाना; ठोकर मारना; मुर्गेकी टाँगमें नुकीला लोहा लगाना; (v. i.) घोड़ा तेज दौड़ाना, कसके सवारी करना; *need the* ~ शिथिल होना, आलसी होना; *on the* ~ *of moment* तत्काल ही, उसी क्षण, झट-पट, एकदम, फौरन; *set* ~*s to* एड़ लगाना; ~ *a willing horse* (ला०) चलते घोड़ेको एड़ लगाना; अनावश्यक रूपसे पीछे पड़ना; *win* one's ~*s* वीर या नाइटका पद प्राप्त करना; (ला०) ख्याति प्राप्त करना, प्रसिद्धि पाना, नाम कमाना;

~-clad, ~-driven, ~-finned, ~ fowl, ~-galled, ~-geared, ~ gull, ~-heeled, ~like, ~ pepper, ~ track, ~ way, ~ wheel, ~-winged, ~-wing plover.

spurgall[1] n. क्षत अंग, व्रणयुक्त अंग, घाववाली जगह।

spurgall[2] v.t. क्षत करना, विक्षत करना, व्रणीयित करना, व्रणयुक्त करना, घाववुक्त करना।

spurge n. स्नुही, थूहड़, विरेचक निर्यासयुक्त वनस्पति, विषैले दूधिया रसवाला पौधा।

spurious a. कल्पित, अप्रकृत, कूट, कृत्रिम, कपटपूर्ण, मिथ्या, बनावटी, झूठा, खोटा, नकली, जाली (~ *coin, affection*); जारज, दोगला, हरामी; (जन्तुवि०) क्रिया अथवा आकारमें अलग, क्रियामें समान किन्तु आकारमें भिन्न (~ *eyes, legs*)।

spuriousness n. मिथ्यात्व, बनावटीपन, खोटापन, नकलीपन, जालीपन, दोगलापन, हरामीपन।

spurless a. एड़के बिना; कंटकचक्रहीन; उपांगुष्ठ-रहित, बिना लोहेकी नोकका; उत्साहहीन।

spurn १. n. अवहेलना, उपेक्षा, तिरस्कार, घृणापूर्ण अस्वीकृति; ठोकर, लात; २. v.t. & i. तिरस्कार या घृणा करना, अवमानित करना, अस्वीकार करना, द्वेषपूर्ण बर्ताव करना, अस्वीकार करना (~ *advances, offer, person*) लात मारना, ठुकराना, लतियाना।

spurner n. अवहेलयिता, उपेक्षक व्यक्ति, तिरस्कर्ता, अस्वीकर्ता; ठुकरानेवाला, लतियानेवाला।

spurred a. शंकुमान्, कण्टयुक्त, एड़दार, एड़वाला (~ *petal*)।

spurrer n. उत्तेजक व्यक्ति, प्रेरक व्यक्ति, उकसानेवाला आदमी; पादायुध-प्रयोक्ता, एड़ लगानेवाला आदमी।

spurrier n. एड़साज, कीलकाँटा बनानेवाला।

spurt १. n. स्फुरण; हठोद्यम, सवेग, आकस्मिक उग्र प्रयास, प्रवाह, धक्का; प्रयत्न; २. v. i. धक्केसे करना, फूट पड़ना, कूदना, एकाएक बहुत जोरसे प्रयत्न या कोशिश करना।

spurtle v.t. =SPURT.

sputter १. n. बकवास, बड़बड़ाहट; लार, लुआब; २. v.t. & i. अव्यवस्थित रूपसे(शब्दोंका) उच्चारण करना, बेतुके ढंग या तावमें बड़बड़ाना या बकना; तेजीसे या जोशके साथ बोलना, कसके बातें झाड़ना; थू-थू करके मुँहसे लार निकालना, लुआब गिराना, राल टपकाना।

sputterer n. जल्दी-जल्दी बकनेवाला, बेतुके ढंगसे बातें झाड़नेवाला; थूक उछालनेवाला।

sputum n. (pl. *-ta*) निष्ठीव, थूक, राल; बलगम, खखार।

spy १. n. चर, गुप्तचर, भेदिया, जासूस, खुफिया, मुखबिर (*refuse to be a* ~ *on his conduct*); २. v.t. & i. गुप्तचरका काम करना, जासूसी करना; (किसी व्यक्ति या गतिविधियों आदिपर) गुप्तदृष्टि रखना, ताकना-झाँकना, नजर रखना; भेद लेना, पता लगाना, खोज निकालना, जान लेना, पहचान लेना, मालूम कर लेना, खबर लगाना (~*ied a horseman approaching*); ~glass छोटा दूरबीन; ~ *out* गुप्त रूपसे खोजना, चुपचाप पता लगाना।

spyism n. गुप्तचरता, भेदियापन, जासूसी, खुफिया-गीरी, मुखबिरी।

squab n. मोटा नाटा आदमी, गुब्बा-सा या गुटकना आदमी; छोटा बच्चा; खूब भरा हुआ गद्दा; गद्दोदार चौकी, मसनद; २. a. छोटा और मोटा, नाटा, ठिंगना, गोल-मटोल, गुटकना, थूलमथूल; ३. adv. धमसे, धड़ामसे, जोरके गिरावके साथ (*come down* ~ *on the floor*); ~-chick अजात-पक्ष पक्षी, (जिसके पर न उगे हों); ~ pie कबूतरके मांसको भरकर बनाई हुई कचौड़ी समोसा-जैसा खाद्य, इस प्रकारकी बकरेके मांस, प्याज और सेबकी गुझिया।

squabbish a. ईषत्स्थूल, किंचित्स्थूल, कुछ मोटा, मोटा-सा, भारी-सा।

squabble १.n. क्षुद्र कलह, झड़प, झंझट, झगड़ा, टण्टा,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

तू-तू, मैं-मैं, बखेड़ा, हाथापायी, तकरार; २. v.t. & i. द्वन्द्व करना, विवाद करना, विरोध करना, (किसी व्यक्तिसे किसी बातके बारेमें) तुच्छ कलहमें पड़ना, झंझट करना, बखेड़ा खड़ा करना, ठंटा करना, झगड़ जाना, चिख-चिख करना, तू-तू मैं-मैं करना, रार मचाना; (मुद्र०) (जमाये गये या कम्पोज किये गये टाइपको) अव्यवस्थित करना, बिखेरना, खोलना।

squabbler n. झगड़ालू व्यक्ति, झगड़ा करनेवाला।

squabby a. स्थूल, मोटा, भारी।

squacco n. (pl. *-s*) कलगीदार बगला।

squad n. वृन्द, छोटा समूह या दल, जत्था, झुण्ड, भीड़, गुट्ट; (सेना०) आरक्षी दल, नवसैन्यदल, सैनिकशिक्षा या कवायदके हेतु एकत्रित छोटा दल, फौजी टुकड़ी या दस्ता (*~ drill*); awkward *~* नये रँगरूट; flying *~* द्रुतगामी आरक्षी दल।

squadron १. n. समुदाय, कोई भी व्यवस्थित संगठन, अनुशासित दल; अश्वारोही सैन्यदल (रेजीमेण्ट), स्क्वाड्रन, टुकड़ी, दस्ता; अश्वारोही गुल्म, संगुल्म; पोतावली, किसी पोतदल या युद्धपोतोंका बेड़ा, जहाजी बेड़ा, जंगी जहाजोंका दस्ता; विमानदल, राजकीय वायुसेनाकी इकाई (*~ leader, officer*); २. v.t. व्यक्तियोंका एक व्यवस्थित समूह बनाना, व्यूह बनाना, गुल्म तैयार करना।

squail[1] n. (pl.) गोल मेज या पटरेपर लकड़ीकी छोटी-छोटी गोटियोंसे खेलनेका खेल, स्क्वेल।

squail[2] v. i. & t. डण्डा फेंकना, डण्डा मारना; छड़ीसे मारना, डण्डेसे मारना; छड़ी या डण्डा फेंककर मारना।

squailer n. डण्डा, छड़ी।

squalid a. उपेक्षित, देखनेमें नीच, मलिन, अधम, निकृष्ट, कुत्सित, गन्दा, मैला, बुरा, घिनौना, फटेहाल।

squalidity, squalidness nn. उपेक्षा; अधमता, नीचता, मलिनता, मैलापन, गन्दापन, गन्दगी, घिनौनापन; दरिद्रता, निर्धनता, फटेहाली।

squalidness n. दे० SQUALIDITY.

squall १. a. चण्डरव, उत्क्रोश, कोलाहल, चीत्कार, उच्च आर्तनाद, चिल्लाहट, कूक, चीख; प्रभंजन, चण्डवात, आँधी, तूफान, अन्धड़, झक्कड़; २. v.t. & i. चीत्कार करके क्रन्दन करना, चीत्कार करना, भय या पीड़ासे कराहना, जोरसे चिल्लाना, चीखना, कूकना, कूक मारना, चिचियाना; चीखते हुए कहना, घिघियाना; black *~* काली आँधी, काले बादलोंके साथ आनेवाली आँधी; white *~* अच्छे मौसममें उठनेवाली सुहावनी पवन, बिना बादलोंकी आँधी; *look out for ~s* (ला०) आपदा या संकटके विरुद्ध सावधान रहना, खतरे या मुसीबतसे चौकन्ना रहना।

squaller n. चीत्कार करनेवाला, चीखने-चिल्लानेवाला।

squally a. प्रभंजनयुक्त, आँधीभरा, अन्धड़वाला, तूफानी; *~* weather झक्कड़का मौसम।

squaloid a. कण्टग्राह-सदृश, ग्राहमत्स्य-जैसा।

squalor n. दरिद्रता, फटेहाली; क्षुद्रता, तुच्छता, घटियापन; मूढ़ता, अशिष्टता, गँवारपन, बदतमीजी; दुर्भाग्य, अभाग्य; मलिनता, गन्दगी।

squalus n. कण्टग्राह, शार्क मछली।

squama n. (pl. *-e*) (वन०, जन्तुवि०) शल्क, शल्कसदृश पंख या अस्थिभाग, खपरा।

squamosal n. (*~ bone* भी) अग्रगण्डास्थि।

squamose, squamous aa. शल्की, शल्कयुक्त; शल्क-सदृश, शल्कीय, सीपदार, खपरेदार।

squamule n. शल्किका, लघु शल्क, छोटा खपरा।

squander v.t. (सम्पत्ति या दौलतको) नष्ट-भ्रष्ट करना, उड़ा डालना; (धन, समय आदिका) अपव्यय करना, व्यर्थ लुटाना, अतिव्यय करना, उड़ा देना, फूँक देना, फिजूलखर्ची करना, गँवाना, खोना।

squanderer n. अपव्ययी, अपव्ययकर्त्ता, उड़ानेवाला, उड़ाऊ, फिजूलखर्च।

squandering n. अपव्यय, अतिव्यय, फिजूलखर्ची।

squandermania n. अपव्ययकी विक्षिप्तता, फिजूलखर्चीका खब्त।

square* १. n. लम्ब, गोनिया; समकोण; समायताकार या वर्गाकार पदार्थ; चतुष्कोण, समायत, वर्ग*, समकोण चतुर्भुज, चौका, चौकोनिया; आयताकार उद्यान, वर्गक्षेत्र, चौक (*Gandhi S~, next ~*); वर्गाकार भवन-मण्डल, कटरा, चार सड़कोंके बीचका भवन-क्षेत्र, स्क्वायर; गुनिया, L या T के आकारका समकोण नापनेका औजार; (T-*~* के भी अर्थमें); वर्गाकार पदातिसैन्य, समायताकार पैदल फौज; वर्ग, वर्गफल, द्विघात, द्विघातफल (*the ~ of 9 is 81*); प्रमाण, कोटि, स्तर, आदर्श, नमूना; (*word-~* भी) शब्दवर्ग, वर्गमें व्यवस्थित शब्दसमूह (जो कि तिरछे और सीधे एकसे पढ़े जावें; सौ वर्गफीटकी इकाई (फर्शकी नापके लिए); २. v.t. & i. समायत बनाना, वर्गकी रचना करना; (लकड़ीको) आयताकार बनाना, किनारोंको चौकोर बनाना, चौखूँटा बनाना; वर्गफल निकालना, एक संख्याको उसी संख्यासे गुणा करना (*3 ~d is 9*); समस्थित बनाना, ठीक बनाना या होना, अनुकूल बनाना या बनना, ठीक बैठाना, जमाना, ठीक-ठाक करना, मेल बैठाना, साधना, मिलाना (*decline to ~ my conduct to* or *with his interests*); (बोल०) देना, चुकाना (*can you ~ the porter?*); मौन सम्मति पा लेना, घूस देकर मुँह बन्द करना, चुपचाप राजी कर लेना; (ऋण आदिका) निपटाना, चुकाना, हिसाब करना, अदा करना, देना, बेबाक करना; मुक्केबाजकी आकृति बना लेना, घूँसा तानकर आगे बढ़ाना; (गोल्फ) (मैचकी) खेलकी बाजीको बराबर कर देना, बराबर-बराबर अंक प्राप्त करना; (नौवि०, मस्तूलपर समकोणकी स्थितिमें आरपार फैलनेवाले) डण्डे लगाना (जो पड़ी हुई शक्लमें हों), रस्सी डालनेके गोल कुण्डोंको पड़ी हुई स्थितिमें लाना; ३. a. समचतुरस्र, समान लम्बाई और चौड़ाई या ऊँचाईका (*a man of ~ frame*); समकोणाकार, समायताकार, वर्गाकार; आयताकार, चौकोर* (*~ corners*); समकोणस्थित; कोणीय, कोनेदार, चौखूँटासा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(*has a ~ jaw*); समानुपात, समानुक्रम, क्रमिक, क्रमबद्ध, सुव्यवस्थित, समुचित रूपसे व्यवस्थित (*must tidy up and get things ~*); उचित, निष्कपट, न्याययुक्त, ईमानदार, (*his play is not always quite ~*); सम, समान, समीपस्थ, उपयुक्त स्थितिमें, एक-सा, बराबर-बराबर (*am now ~ with all the world*); दृढ, अटल, ठीक-ठीक, चुकता, पूरा-पूरा, ठोस, पक्का, दुरुस्त (*was met with a ~ refusal*); ~ bracket चतुरस्र कोष्ठक, वर्गकोष्ठक; [ ]; ~ deal निष्कपट व्यवहार, अच्छा बर्ताव, सच्चा या खरा सौदा; ~ dance, ~ game वर्गनृत्य, वर्गक्रीडा (जिसमें चार जोड़े या खिलाड़ी चार दिशाओंसे एक-दूसरेके सम्मुख रहते हैं); ~head ⊙ कनाडा या संयुक्त राज्यका स्कैण्डिनेवियन; ~ leg (क्रिकेट) बल्लेबाजसे दूरीपर बाईं ओर विकेटके लगभग सामने खड़ा हुआ फील्डिंग करनेवाला, उसका स्थान (*was put at a ~ leg*); ~ measure वर्गमाप (जो वर्गफुट इत्यादिमें प्रकट किया जाता है); ~-rigged (जहाज) जिसमें मस्तूलके बीचमें लगे हुए डण्डोंपर बड़े-बड़े पाल तने हों; ~ root वर्गमूल (*the ~ root of 9 is 3*); ~ sail वर्गाकार पाल, चौकोर पाल; ~-toed चौड़े पंजेका बूट पहने हुए व्यक्ति; *get ~ with our creditors* महाजनोंका ऋण चुकता करना, हिसाब साफ करना; *on the ~* सचाईसे, ईमानदारीसे (*can be trusted to act on the ~*); *out of the ~* अनायताकार, अवर्गबद्ध, असमकोणीय; *~ accounts with* हिसाब चुकता करना; (ला०) प्रतिकार करना बदला लेना; *~ the circle* वर्गमापसे वृत्तके क्षेत्रफलको ठीक-ठीक व्यक्त करना; (ला०) असम्भव बातको प्रत्यक्ष करना, नामुमकिन बात करके दिखाना; *~ up to* लड़नेपर उतर आना;

~ diagram, ~-ended, ~ foot, ~ inch, ~-lipped rhinoceros, ~ measure, ~ meter, ~ mile, ~-mouth rhinoceros, ~ number, ~ planting, ~ prism, ~ rod, ~ thread, ~ timber, ~ yard.

squared a. चतुरस्र, वर्गाकार, चौरस (*~ paper*); वर्गकोष्ठित (*~word*)।

squareness n. वर्गता, समायताकारता, वर्गाकारता, चौखूँटापन, चौरसाई, बराबरी; उचित क्रम, सुव्यवस्था; सचाई, ईमानदारी।

squarish a. समायत-सदृश, वर्गवत्, चतुष्पार्श्व, वर्ग-जैसा, चौकोर-सा।

squarrose, -ous aa. (वन०, जन्तुवि०) शल्क-सदृश प्रसरके कारण कठोर, कड़ा, खपरेदार।

squarson n. (हास्य०) जमींदार पादरी।

squarsonage n. जमींदार पादरीका आवास।

squash[1] १. n. कोमल पदार्थ; फलपानक; दबाई हुई वस्तु या राशि, चूर्ण, रस, कुचला, मलीदा, अर्क निचोड़ी हुई चीज; जनसमूह, भीड़; गद्द, धमाका, धम, छप, फत्त, किसी मुलायम वस्तुके गिरनेकी आवाज; सम्पीडन, चूर्णन; (*~ rackets* भी) खुले चौकमें मुलायम गेंद और रैकिटसे खेला जानेका एक खेल; २. v.t. & i. दबोचना, मसलना, भींचना, कुचलना, निचोड़ना, पिचकाना, गूदा निकालना, दबाकर लुग्दी बनाना; दब जाना, ठसाठस भरना, कसके भरना, ठूँसके भरना, फँस जाना; घुस-पैठकर मार्ग खोज लेना, घुस-घुसाकर रास्ता निकालना; (ला०) कड़ा उत्तर देकर चुप कर देना, मुँह बन्द करना, लाजवाब कर देना; ~ hat मुलायम नमदेका टोप;

~ beetle, ~ borer, ~ bug, ~ gourd, ~ vine, ~ vine borer.

squash[2] n. सीताफल, एक प्रकारका कद्दू।

squasher n. दबोचनेवाला, मसलनेवाला, भींचनेवाला, कुचलनेवाला, मींजनेवाला, निचोड़नेवाला, पिचलनेवाला, गूदा निकालनेवाला।

squashiness n. कुचलन, निचोड़न, पिसावट।

squashy a. कुचलनवाला, कुचलनदार; पंकिल, कीचड़-दार, पिलपिला, गूदेदार।

squat १. n. नाटा और मोटा व्यक्ति; पाल्थी; २. v.t. & i. (अपने आपको या किसीको) पाल्थी मारकर बैठाना; आसन मारकर बैठना, पाल्थी मारकर बैठना, गोड़ मारकर बैठना, उकड़ू बैठना; (पशुओंका) दुबककर बैठना; (बोल०) आसीन होना, बैठना, बैठ जाना (*down, on* के साथ); ३. a. नाटा और मोटा, थूलम-थूल, बौना; पाल्थी मारे हुए।

squatter n. पाल्थी मारकर बैठनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); भण्डार स्वामी, स्टाकका मालिक; अनधिवासी, किसी अनधिकृत क्षेत्रपर अनुचित अधिकार करनेवाला व्यक्ति; (आस्ट्रेलियामें) सुगम शर्तोंपर सरकारसे चराईका अधिकार प्राप्त करनेवाला व्यक्ति।

squattiness n. स्थूल-वामनता, थूलमथूलपन, बौनापन, नाटापन और मोटापन।

squatty a. स्थूल-वामन, थूलमथूल, गिट्टक, नाटा और मोटा।

squaw n. (अमरीकी रेड इण्डियन) स्त्री या पत्नी; ~-man रेड इण्डियन स्त्रीसे विवाहित गोरा।

squawk १. n. चीत्कार, चीख, कर्कश स्वर, चीं-चीं, चिचियाहट; २. v. i. भय या पीड़ामें चीत्कार करना, कर्कश स्वर करना, चीखना, चिचियाना।

squeak १. n. चीत्कार, ककश नाद, कूक, चीं-चीं, चूँ-चूँ, हल्की-सी चीख; (*narrow ~*) बाल-बाल बचना; २. v.t. & i. चीं-चीं करना, चूहे या बिना तेलके कब्जेकी भाँति चूँ-चूँ करना; कर्कश शब्द बोलना, तीव्र चीत्कार करना, कूकना, किकियाना, चिल्लाना, चीखकर बोलना; (ग्रा०) भेदी बन जाना, मुखबिर बन जाना।

squeaker n. चूँ-चूँ करनेवाला, चिचियानेवाला इत्यादि (क्रियागत अर्थोंमें); शावक, कबूतरका बच्चा।

squeaky a. चीं-चीं करनेवाला, कर्कश स्वर निकालनेवाला, चीं-चींका, चीखवाला।

squeal १. n. बच्चेकी किलकारी, चीत्कार, कीक, पुकार, चीख; २. v.t. & i. (क्रोध, भय, पीड़ा आदिमें) बच्चेकी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

भाँति चीत्कार करना, किलकारी देना, चीखना, रोना, चिचियाना, किकियाना, चिल्लाना; (प्रमत्नतामें) खिलखिलाना, कूकना; आवेशके साथ विरोध करना, हुज्जत करना; (ग्रा०) भेदिया बनना, मुखबिरी करना; *make one* ~ (ग्रा०) किसीसे डर दिखाकर धन छीन लेना।

squealer n. किलकारी देनेवाला, चीखनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); शावक, कबूतरका बच्चा, चिड़िया।

squeamish a. वमनोन्मुख, सहजवमनोद्वेगशील, जी मचलाता हुआ; अतिशंकालु, सदाचार और ईमानदारीकी बातोंमें अत्यधिक सतर्क; दुष्तोष्य, नकचढ़ा, तुनुकमिजाज, चिड़चिड़ा।

squeamishness n. वमनोन्मुखता; शंकाशीलता; दुष्तोष्यता, नकचढ़ापन, तुनुकमिजाजी।

squeegee, squilgee १. nn. रबड़ लगा हुआ डेक या सड़क साफ करनेका झाड़ू; फोटोग्राफीमें प्रयुक्त इसी प्रकारका छोटा ब्रुश या रबर वेलन; २. vv. t. वेलनसे साफ करना, झाड़ू देना।

squeezability n. कोमलता; सम्पीड़नीयता, मर्दनीयता।

squeezable a. सम्पीड़नीय, मर्दनीय, दबावके योग्य, दबने योग्य, दबाये जाने योग्य, निचोड़ने लायक, भींचने योग्य; पैसा ऐंठने योग्य।

squeeze १. n. बलप्रयोग, चाप, दबाव (*gave him a ~ of the hand*); जनसमूह, भीड़, धक्कमधक्का, धकापेल, रेला, ठेलपेल (*we all got in, but it was a tight ~*); निष्कर्षण, निचोड़; शोषण, चूषण, बलपूर्वक धनापहरण, अनुचित वसूली, विधिविरुद्ध कमीशन, स्थानीय कर्मचारीके द्वारा खरीदे हुए सामानपर बलपूर्वक लिया गया धन; गीले कागज या चपड़ेपरकी सिक्केकी छाप; २. v.t. & i. पीड़ित करना, बलपूर्वक छीनना, दबाना, निचोड़ना, चूसना; (नीबू, स्पंज आदि) निष्पीड़न करना, मसलना, भींजना, भींचना, रस निकालनेके लिए दबाना, हाथसे या दो चीजोंके बीचमें रखकर दबाना; (अपने आपको या किसी वस्तुको) घुसाना, धकेलना, ठूँसना, ठेलना; धक्कम-धक्का करके बाहर निकल आना; बाध्य करना, दबाव डालना, विवश करना, जोर डालना, मजबूर करना (*could ~ the government to any extent*); (किसी व्यक्तिसे पैसा) निकालना, बलपूर्वक ग्रहण करना, प्रार्थना करके रुपया हासिल करना, पैसा ऐंठना, दबाकर वसूल करना; बड़े परिश्रमसे उत्पन्न करना, यत्नपूर्वक निकालना (*~ a tear etc.*); गीले कागज या चपड़ेपर (सिक्केकी) छाप बनना; ~ person's *hand* (सहानुभूति, प्रेम आदिके चिह्नस्वरूप) कर मर्दन करना, हाथ दबाना।

squeezed a. निष्पीडित, निचोड़ा हुआ (*~ orange*)।

squeezer n. निष्पीड़क, दबानेवाला, निचोड़नेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); पिघले हुए लोहेमेंसे बुलबुला निकालनेकी कल; ताशके पत्ते (जिनके दाहिने कोनेपर अंक लिखे रहते हैं ताकि खिलाड़ीको पूरा पत्ता न देखना पड़े)।

squeezing n. निष्कर्षण, सम्पीडन, निचोड़ना।

squelch १. n. पचर-पचर, फच्च-फच्च; ध्वंस, नाश, दबा देनेका कार्य; २. v.t. & i. पदाघात करना, समाप्त करना, नष्ट करना, ध्वंस करना, कुचल डालना, भींच देना, दबा डालना; कीचड़में या पानीसे भरे जूतोंके साथ चलनेमें पचर-पचर करना; व्यर्थ करना, बिगाड़ देना, गड़बड़ करना, उलट-पुलट करना; चुप कर देना, मुँह बन्द करना।

squib १. n. व्यंग्यात्मक प्रबन्ध, संक्षिप्त व्यंग्यपूर्ण कृति, निन्दात्मक रचना, हजो; सुरंग उड़ानेके लिए बारूदसे भरी हुई नली, पलीता; पटाका, छछूँदर, आतिशबाजी; २. v.t. & i. व्यंग्य रचना लिखना, व्यंग्य रचनाके द्वारा आक्षेप करना, हजो लिखना।

squid १. n. कालिकाक्षेपी, मसिक्षेपी मीन, चारेके रूपमें प्रयुक्त एक प्रकारकी मछली; एक प्रकारका बनावटी चारा; २. v.i. झूठे चारेसे मछली पकड़ना।

squiffer n. (ग्रा०) हाथसे बजानेका हारमोनियम-जैसा बाजा, कन्सर्टिना।

squiffy a. (ग्रा०) हलके नशेमें, हलकी छाने हुए, कम पिये हुए।

squiggle[1] n. भाँज, मरोड़, ऐंठन; तड़पन, तलमलाहट, छटपटाहट; रेंगनेसे बनी हुई टेढ़ी मेढ़ी रेखा।

squiggle[2] v.i. कुला करना, कुली करना; शरीर ऐंठना, छटपटाना, तड़फड़ाना, तलमलाना।

squilgee n. दे० SQUEEGEE.

squill n. समुद्रपलाण्डु, जंगली प्याज, स्क्विल, उसका काँदा या बल्ब; (*~-fish* भी) शल्की, केकड़ेकी भाँति पपड़ेवाला मीन।

squillitic a. समुद्रपलाण्डवीय, समुद्रपलाण्डु-विषयक, समुद्रपलाण्डु-सम्बन्धी, समुद्री लिलीका।

squinch n. भित्ति-सिक्थ-वर्तिका, दीवारपर लगानेकी मोमबत्ती।

squint १. n. कटाक्ष, चोर-जैसी दृष्टि, तिरछी नजर, तिर्यक् दृष्टि, वक्र दृष्टि, भेंगापन, तिरपटपन, ऐंचातानापन (*has a fearful ~*); दृष्टि, झाँकी, सरसरी नजर (*let's have a ~*); प्रवृत्ति, अभिरुचि, रुझान, झुकाव; गिरजेकी दीवारमें तिरछा कटाव; २. v.t. & i. तिरछा देखना, तिरछी नजरसे देखना, कनखियोंसे या भेंगेपनसे देखना; भेंगा या भेंड़ा होना, तिरपट होना; टेढ़ा या तिरछा होना, मुड़ना; (आँखें) अधखुली रखना, (आँखोंको) जल्दी-जल्दी झपकाना; ३. a. (*~-eyed* भी) टेर, वक्रदृष्टि, भेंगा, भेंड़ा, तिरपट, ऐंचाताना; तिरछा, टेढ़ा; विद्वेषपूर्ण।

squinted ⊙ a. संकेतित।

squinter n. टेर, भेंगा, ऐंचाताना, तिरछी नजरवाला।

squinting n. अपांगदर्शन, कटाक्ष, तिरछा देखना, कनखियोंसे देखना।

squire १. n. किसी महिलाका सहचर या रक्षक; (इति०) नाइट (उच्च सामन्त) का अनुचर; भूस्वामी;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

जमींदार, जागीरदार, ताल्लुकेदार, स्क्वायर; श्रीमान्, महानुभाव, महोदय; २. v.t. (किसी व्यक्तिका किसी स्त्रीका) अनुचर होना, अनुगामी होना, अंगरक्षक होना; ~ of dames स्त्रियोंकी संगतिमे रहनेवाला, मेहरा।

squir(e)arch n. जमींदार-शासक।

squir(e)archal, squir(e)archical aa. जमींदार-शासन-विषयक, सामन्तशाही-सम्बन्धी।

squir(e)archy n. सामन्तवर्ग, भूस्वामीवर्ग, जमींदार-वर्ग; सामन्त शासन, सामन्तशाही, जमींदारी, जागीरदारी, स्क्वायरशाही।

squireen n. छोटा जमींदार।

squirehood n. भूस्वामित्व, सामन्तत्व, जमींदारी, जागीरदारी।

squirelet n. छोटा जमींदार।

squireling n. छोटा जमींदार।

squirely a. सामन्तसदृश,भूस्वामी-सम्बन्धी,जमींदारका।

squireship n. भूस्वामित्व, जमींदारका पद, स्क्वायरका पद।

squirm १. n. ऐंठन; (नौवि०) रस्सीकी ऐंठन या बल; रेंगने या छटपटानेकी गति; २. v. i. ऐंठन होना, ऐंठना, रेंगना, टेढ़े-मेढ़े चलना, पीड़ामें छटपटाना, इधर-उधर लोटना; (ला०) किंकर्त्तव्यविमूढ़ता प्रकट करना, मनमें कसकना, मन-ही-मनमें घुटना, घबड़ाहट प्रगट करना।

squirrel n. रोमशी, गिलहरी; काष्ठमार्जार, काष्ठ-बिडाल (~ *monkey*)।

squirt १. n. धारायन्त्र, पिचकारी, पानीका फुहारा; (~-*gun* भी) पिचकारीका खिलौना, खेलकी पिचकारी; (बोल०) दम्भी, घमण्डी, क्षुद्र अभिमानी व्यक्ति, शेखीबाज; २. v.t. & i (तरल पदार्थकी) पिचकारी छोड़ना, फुहारा छोड़ना, पिचकारी मारना; (तरल पदार्थका) पिचकारीसे छोड़ा जाना, धारा निकलना, फुहारा छूटना; (चूर्ण) भुरकना।

squirter n. पिचकारी छोड़नेवाला, पिचकारी मारनेवाला, फुहारा छोड़नेवाला।

squish n. (बोल०) = MARMALADE.

squit n तुच्छ व्यक्ति, मामूली आदमी।

stab १. n. (चाकू या छुरीका) प्रहार, आघात, क्षत, वेध, घाव, मार, चोट, खोंच, भोंक, वार, जख्म; व्यक्तिकी भावनाओंपर आघात, कष्ट, पीड़ा, धक्का, चोट, सदमा; २. v.t. & i. चाकू या खंजर-जैसे छोटे नुकीले अस्त्रसे प्रहार करना, सूक्ष्माग्र अस्त्र द्वारा विद्ध करना, छुरा भोंकना, सालना, चुभोना, घाव करना, घुसेड़ना, घायल करना, जख्मी करना; वेधन करना, निशाना बैठाना, भोंकनेके लिए किसीपर अस्त्रसे लक्ष्य करना; (ला०) (किसी व्यक्ति, उसकी भावनाओं, अन्तरात्मा आदिपर) आघात पहुँचाना, चोट पहुँचाना, धक्का या सदमा पहुँचाना; (प्रसिद्ध व्यक्तिको) बदनाम करना, बदनामी लगाना, कीर्तिको कलंक लगाना; पलस्तर करनेके पहले (ईंटोंकी दीवालको) नोकदार औजारसे खुरचना; *a~ in the back* n. कलंक, अपयश, कुख्याति, बदनामी; (v.) पीठमें छुरा भोंकना; कलंकित करना, कुख्यात करना, बदनाम करना।

stabber n. चाकू या खंजर भोंकनेवाला; बदनामी करनेवाला; पीड़ा देनेवाला।

stabbing n. वेधन, (छुरा) भोंकना।

stability n. दे० STABLENESS.

stabilization n. स्थायीकरण, स्थिरीकरण, दृढ़ीकरण; स्थायीभवन, (किसी देशकी मुद्राका सोनेके भावमें मूल्य स्थिर करके उसकी) क्रयशक्तिका संरक्षण।

stabilize v.t. स्थायी बनाना, स्थिर करना, पक्का करना, जमाना, मजबूत करना।

stabilizer n. स्थायिकारक, स्थिरकर्त्ता, वायुयानका स्थिरकारी यन्त्र-विशेष।

stable[1] १. n. (pl. सेना०) अस्तबलकी नौकरी या काम; किसी विशेष अश्वशालाके घुड़दौड़वाले घोड़े: गोष्ठ, अश्वशाला, पशुशाला, घुड़साल, तबेला, अस्तबल; २. v.t. (घोड़ेको) अस्तबलमें डालना; (घोड़ेको) अस्तबलमें रखना या बाँधना (*where can we ~ our horses?*); (ला०) (व्यक्तिका) ठहरना, टिकना, पड़ाव डालना (*must ~ where they can*); ~-companion एक ही घुड़-सालके घोड़े; (बोल०) शिक्षालय-सहचर; मण्डली-सहचर, एक ही विद्यालय या मण्डली आदिका सदस्य; *it is no use locking the ~ door when the horse is stolen* का वर्षा जब कृषी सुखाने, समय चूकि पुनि का पछताने;

~ account, ~ animals, ~boy, ~call, ~ fly, ~ form, ~ item, ~ keeper, ~-kept, ~ litter, ~man, ~ motion, ~-refuse, ~-owner.

stable[2] a. स्थावर, स्थिर, स्थायी, निश्चल, अचल, अटल, दृढ़, सुस्थापित, पक्का, टिकाऊ, मजबूत, अडिग (*doubt whether the structure is ~*); स्थिरचित्त, अचंचल, स्थिरमति (*the only ~ politician of his day*);

~ equilibrium, ~ oscillation, ~ pleasure.

stableness, stability nn. स्थैर्य, स्थिरता, संस्थिति, स्थायित्व, टिकाऊपन, टिकाव, पायदारी, मजबूती; स्थिरचित्तता, निश्चलता, दृढ़ता, अटलता, अडिगता, प्रतिष्ठा, सुस्थिति।

stabling n. घोड़ेको अस्तबलमें रखनेका काम आदि (क्रियागत अर्थोंमें); घोड़ोंकी थान, अस्तबलके लिए जगह या गुंजाइश; यानस्थापन (स्थान), यानवासन (स्थान)।

stablish v.t. स्थापित करना, दृढ़तासे लगाना, बैठाना, पक्की तरह जमाना, गाड़ना, कायम करना।

stablishment n. = ESTABLISHMENT.

stack १. n. चिति, चय, चट्टा, थप्पी, राशि, रास, गंज, पुआल, अनाज या घासका गोल या चौकोर ढेर; (ईंधनके मापके रूपमें) १०८ घनफुटका ढेर, टाल, ठेकी; संचय, राशि, अम्बार, किसी वस्तुका ढेर; (बोल०) प्रचुरता, बहुलता, आधिक्य, विशद परिमाण, बहुतायत (*have ~s*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

of work); बन्दूकोंका अम्बार या कोठाल; एक साथ पास-पास लगी हुई चिमनियोंकी पंक्ति; (*smoke-~* के अर्थमें भी) इंजिन या अग्निबोटकी चिमनी, धुआँरा आदि; ऊँची पृथक् स्थित चट्टान; २. v.t. चितिकरण करना, चयन करना, चट्टा बाँधना, थप्पी लगाना, राशिभूत या पुंजीभूत करना, अम्बार जमाना, ढेर लगाना; ~-funnel ढेरका शंक्वाकार वातायन, झरोखा, रोशनदान।

stacker n. चेता, चितिकर्ता, चयनकर्ता, राशीकर्ता, पुंजीकर्ता, चट्टा बाँधनेवाला, थप्पी बाँधनेवाला, गँजहर लगानेवाला।

stacking n. चयन, चितीकरण, चट्टा बाँधना, थप्पी लगाना।

stacte n. रसगन्ध; दारचीनीका तेल।

stactometer n. रसमापी, रसविन्दुमान।

stadda a. दुफाल आरी, दुधारी आरी।

staddle[1] n. लगुड, लाठी, डण्डा; बैसाखी (लकड़ी जिसके सहारे लँगड़े लोग चलते हैं); स्तम्भ, आधार, खम्भा; चित्याधार, चयनाधार, अड़वार, टेकन; गँजहरका आधार; एकाकी वृक्ष, अकेला पेड़; वृक्षक, बालवृक्ष।

staddle[2] v.t. (जंगलकी कटाईमें) एक पेड़ छोड़ देना, एक पेड़ रहने देना।

stadium n. (pl. *-ia*) क्रीड़ांगण, आधुनिक व्यायाम या खेलकूदका मैदान; (ग्री० पुरा०) लगभग २०२ गजका लम्बाईका माप; दौड़का मार्ग; (चिकि०) रोगकी अवस्था या अवधि, प्रक्रम।

stad(t)holder n. (इति०) नीदरलैण्डमें किसी प्रान्त या नगरका शासक या राज्यपाल; हालैण्डका प्रादेशिक मुख्य दण्डाधिकारी।

stad(t)holdership n. उपर्युक्त प्रदेशोंके शासकका पद या अधिकार।

staff[1] १. n. (pl. अब *~s*; संगीतमें *staves*) लगुड, लाठी, छड़, छड़ी, सोंटा, डण्डा, लकड़ी, बेंत, लग्गा; अवलम्ब, अवलम्बन, आधार, आश्रय, आसरा, सहारा; राजदण्ड, पद या अधिकारसूचक चोब; दण्ड, डण्डा, बल्ली, मुठिया, दस्ता; समुद्रके उन्नतांश मापनेका यन्त्र; मापदण्ड, पैमाइशमें प्रयुक्त छड़ या डण्डा; (इकहरी लाइनकी रेलवेपर इंजिनके ड्राइवरको आगे लाइनपर जानेके अधिकारस्वरूप दी गयी) निशानी, स्टाफ (*~ system*); मूत्राशयमें नश्तरके आगे जानेवाला शल्यचिकित्सकका यन्त्र; वर्ग, गण; कर्मचारिवर्ग, कर्मचारिवृन्द, अमला, स्टाफ (*editorial ~ of newspaper*); (संगीत) पाँच समानान्तर रेखाओंका समूह (जिसमेंसे किसी एकपर या दोके बीच उसके स्वरारोहको सूचित करनेके लिए चिह्न लगाया जावे); (सेना०) बलाधिकरण, सैन्य-सम्बन्धी अधिकारिवर्ग, हाई कमानके अधिकारीके सहायक अधिकारी, सैनिक स्टाफ; २. v.t. (किसी संस्था आदिमें) कर्मचारियोंको रखना; general ~ प्रधान सेनापतिका निजी कर्मचारिवर्ग; ~ car कर्मचारी मोटर; ~ nurse पदस्थ उपचारिका;

~ appointment, ~ college, ~ corps, ~ council, ~ duty, ~ family benefit fund, ~ fund, ~-officer, ~ proposal, ~-sergeant, ~-surgeon.

staff[2] n. सीमेण्ट आदिसे मिश्रित भवन-निर्माणका मसाला, प्लास्टर ऑफ पेरिस।

staffed a. कर्मचारिगणयुक्त, कर्मचारिवर्ग-सम्पन्न।

stag n. महामृग, बारहसिंगा, लाल नर हिरन, बड़े आकारका हिरन; बधिया साँड़; (स्टॉक एक्सचेंज) नयी कम्पनियोंके शेयरों (अंशों) को खरीदनेके लिए इस विचारसे प्रार्थनापत्र देनेवाला व्यक्ति (कि मुनाफेसे तत्काल ही बेच सके); (ग्रा०) सरकारी ऋणपत्र या स्टॉक्सका अनियमित व्यवसायी, दलाल; ~-party बारहसिंगादल; केवल पुरुषोंका दल;

~-eyed, ~-handled, ~ head, ~-headed, ~-horned, ~ hound, ~ hunt, ~-necked, ~ skin.

stage[1]* n. रंगमंच, रंगभूमि, नाटकका स्टेज; (ला०) नाटक, नाटकीय कला या नाट्य साहित्य, नाट्यवृत्ति, अभिनेताका व्यवसाय या पेशा; मंच*, मचान, चबूतरा; धरातल, समतल; आसन, चौकी, तल (जिसपर यन्त्र द्वारा निरीक्षणके लिए कोई वस्तु रखी जाती है); विकासावधि, विकासविन्दु, अवस्था*, वृद्धिकाल, दशाप्रक्रम, मंजिल (*reached a critical ~*); कार्यक्षेत्र (*quitted the ~ of politics*); अवस्थान, स्थान, विश्रामस्थल, दो विश्रामस्थलों या मंजिलोंके बीचकी दूरी, मंजिल (*travelled by easy ~s*); ~-coach दो स्थानोंके बीचमें दौड़नेवाली चार पहियेकी गाड़ी, बग्घी (*~-driver*); ~ direction रंगमंचीय निर्देशन, अभिनेताकी सूचनाके लिए नाटकमें लिखित निर्देश; ~ fever नाट्यलालसा, अभिनेता बननेकी अदम्य इच्छा, रंगमंचपर आनेकी धुन या चस्का या नशा; ~ fright मंचभय, स्टेजपर पहले-पहल आनेकी घबड़ाहट; ~ manager सूत्रधार, मंचप्रबन्धक, रंगमंच-व्यवस्थापक, स्टेजप्रबन्धक; ~-struck नाट्याभिभूत, मंचाभिभूत, रंग-मंचप्रेमी, नाटकका शौकीन; ~ player नट, अभिनेता; ~ whisper स्वगत, अपवारित, रंगमंचकी कानाफूसी (जिसे सम्बोधित व्यक्ति तो न सुने पर दर्शक सुन सकें); *by easy ~s* क्रमशः; *went on the ~* अभिनेता हो गया;

~ box, ~craft, ~ door (n.), ~-door (a.), ~ effect, ~ hand, ~ house, ~ land, ~ like, ~man, ~ manager, ~-play, ~-right, ~-wagon, ~-worn.

stage[2] v.t. & i. अभिनय करना, रंगमंचपर प्रस्तुत करना, खेलना, पेश करना, स्टेजपर लाना; नाटकीय रूपमें घटित करनेकी व्यवस्था करना; (नाटकका) अभिनीत होना, रंगमंचपर आना, खेला जाना, स्टेज होना (*does not ~ well*)।

stager n. नट, अभिनेता; old ~ अनुभवी व्यक्ति, ज्ञानवृद्ध, पुराना खिलाड़ी, दुनिया देखा हुआ आदमी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

stagery n. रंगमंच प्रदर्शन, स्टेजका शो; रंगमंच-प्रसाधन, स्टेजका सामान।

staggard, -t n. चतुर्वर्षीय मृग, चार सालका हिरन।

stagger १. n. दोलायमान या डाँवाडोल गति, लड़खड़ाती चाल, लटपटाहट, लड़खड़ाहट, डगमगाहट; (यत्र०) किसी रचना या ढाँचेसे वस्तुओंकी तिरछी या टेढ़ी-मेढ़ी व्यवस्था; (pl., *blind ~s* भी) मस्तिष्क और रीढ़की हड्डीके रोगके प्रकार; (pl.) चक्कर सिर चकराना; २. v.t. & i. हिलना, लड़खड़ाना, डगमगाना, डगमगाकर चलना, लटपटाना, डुगडुगाना, डोलना; दोलायमान होना, झिझकना, हिचकिचाना, अस्थिरचित्त होना, दुविधा होना, कचियाना, डाँवाडोल होना, पसोपेश करना; पाँव उखाड़ देना, कँपा देना, डगमगा देना (*received a ~ing blow*); विचलित या अस्थिर करना, दुविधामें डाल देना, झिझकाना, हिचकिचा देना, डाँवाडोल करना (*the question ~ed him*); घुमावदार या मोड़वाले क्रममें बैठाना, टेढ़े-मेढ़े ढंगसे जमाना; (छुट्टियों, कामके घण्टों आदिको) बचाकर व्यवस्थित करना (कि वे दूसरोंकी छुट्टियों, घण्टों आदिसे अलग रहें)।

staggered a. ऊपर-नीचे पंखोंवाला (वायुयान); अलग-अलग छुट्टीवाला।

staggerer n. विचलित करनेवाला, हिचकिचानेवाला, लड़खड़ानेवाला इत्यादि (क्रियागत अर्थोंमें)।

staggery a. वेपथुमान, कम्पमान, कम्पशील, थरथरानेवाला।

staginess n. नाट्य, नाटकीयता; मंचव्यवस्था।

staging n. नाटकका प्रस्तुतीकरण, प्रदर्शन, अभिनय करना, नाटक खेलना; मचान, मंच या मचान बाँधना; डाक-गाड़ियोंके हाँकने या चलानेका काम; पड़ाव बनाना।

stagnancy, stagnation nn. निर्गति, स्थिरता, निष्प्रवाहता, अप्रवाह, प्रवाहाभाव, अप्रवहमानता, गतिहीनता, थमाव, रुकाव, अटकाव; वृद्धिरोध, निष्क्रियता, निश्चलता, निश्चेष्टता, स्फूर्तिहीनता, मन्दता, ढीलापन, सुस्ती।

stagnant a. गतिहीन, स्थिर, बद्ध, निष्प्रवाह, प्रवाहहीन, अप्रवाहित, अप्रवहमान, शान्त, खड़ा, थमा हुआ (*~ pool, water*); निष्क्रिय, स्फूर्तिहीन, निश्चेष्ट, मन्द, धीमा, मद्धिम, सुस्त।

stagnate v. i. (तरल पदार्थका) प्रवाहहीन होना, स्थिर होना, धार न होना, बँध जाना, बहाव रुक जाना, बँधा होना, थम जाना, रुक जाना, अटकना, रुका रहना; निष्क्रिय या बेकार होना, निश्चेष्ट बनना, गतिरोध आ जाना, गति खो देना, मन्द पड़ जाना, ढीला पड़ना, कुन्द होना, मद्धिम पड़ जाना, ठप्प होना, सुस्त हो जाना (जीवन, कार्य, मस्तिष्क, व्यवसाय, व्यक्तिका)।

stagnation = STAGNANCY.

stagnicolous a. खड़े पानीमें रहनेवाला।

stagy a. कृत्रिम, (आचरण, रूप, ढंग, हावभाव आदिमें) नाटकीय।

staid a. शान्त, गम्भीर, स्थिर, स्थिरचित्त, अप्रमत्त, धीर, पक्का, दृढ़ तथा गम्भीर चरित्रका, संजीदा।

staidness n. गम्भीरता, दृढ़ता, धीरता, स्थिरता, सजीदगी।

stain १. n. रंजन, अभिरंजन; विवर्णीकरण; चिह्न, धब्बा, निशान, दाग, चित्ती (*cloth is covered with tea ~s*); रंजक, रंग, रँगनेका सामान इत्यादि; (ला०) दूषण, दोष, कलंक, कलुष, गर्हा, निन्दा, धब्बा, लांछन, कलंकका टीका, दाग, बदनामी (*without a ~ on his character*); २. v.t & i. विवर्ण करना, दूषित करना या होना, मलिन करना, मैला करना, धब्बा लगाना, दागी करना, बदरंग करना (*cigarettes ~ the fingers*); (ला०) (ख्याति, नाम, व्यक्तिपर) दोष लगाना, दूषित करना, कलुषित करना, कलंकित करना, कालिख लगाना, बट्टा लगाना, बदनाम करना; दीवारपर लगानेके कागजको अभिरंजन करना, रंग-बिरंगा करना, रंगना, रंगीन बनाना; छींटे डालना, धब्बे डालकर (सीसा, लकड़ी आदिको) रँगना; सूक्ष्मवीक्षण यन्त्रके लिए किसी पदार्थको कई रंगोंमें रँगना; रगसे रँगना।

stainable a. विवर्ण्य, विवर्णनीय; कलंकके योग्य; रँगे जाने योग्य, रंग पकड़नेवाला।

stained a. अभिरंजित, विवर्णित, चिह्नित, धब्बेदार, निशानदार, दागदार (*~ glass*)।

stainer n. विवर्ण करनेवाला, धब्बा लगानेवाला, दागी करनेवाला; कलंकित करनेवाला, दोष लगानेवाला; रंजक, रँगनेवाला।

staining १. n. अभिरंजन; २. a. अभिरंजक।

stainless a. दोषहीन, कलंकहीन, निष्कलंक, निर्दोष, निर्मल, लांछनहीन, बेदाग; अक्षीय, अकलुष, जंग लगने और खराब होनेसे सुरक्षित (*~ steel*)।

stair n. (अब प्रायः pl.) सोपानश्रेणी, सोपानपथ, सीढ़ियाँ, जीना (*passed him on the ~s*); सोपान, जीनेकी एक सीढ़ी या पाया (*the top ~ but one*); *~case* सोपान, निश्रेणी, सीढ़ी (*~case illusion*); *~-rod* सीढ़ीका डण्डा; *~way* ⊙ सीढ़ी, जीना; *below ~s* घरके निचले भागमें; *down, up, ~s* घरकी नीची या ऊपरकी मंजिलमें; *flight, pair, of ~s* क्रमिक सोपान, सोपानश्रेणी, सिलसिलेवार सीढ़ियाँ; *~ break, ~ builder, ~ building, ~-carpet, ~head, ~ step, ~ stepper, ~-tower, ~-work.*

staith(e) n. (कोयलेका) भरण-फलक, भरने या उतारनेका तख्ता।

stake १. n. शंकु, स्थाणु, स्थूण, सूक्ष्म काष्ठदण्ड, मेख, कील, खूँटा, चोब, थूना (आधार या सीमाचिह्न आदिके रूपमें); खम्भा (जिसपर मनुष्यको जिन्दा जला देनेको बाँधा गया हो); (ला०) जीवित जलाकर किया गया वध (*was condemned to the ~*); दाँव, बाजी, किसी घटनापर पण या दाँवमें लगाया गया धन; (pl.) पण, पण-सम्बन्धी धन, दाँव या शर्तकी रकम; (pl.)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

बाजीकी घुड़दौड़; टीनकारकी बेंचमें लगायी हुई निहाई; २. v.t. खूँटा गाड़ना, खूँटेसे बाँधना, आश्रय ग्रहण करना या थूनेसे सहारा देना, अड़ाना; (किसी दाँवपर) धन लगाना, बदना, शर्त्त लगाना, दाँवपर रखना, दाँव या बाजी लगाना; ~holder पणबन्धधारी, मध्यस्थ व्यक्ति (जिसके पास बाजीका रुपया जमा किया जाता हो); ~-net खूँटोंपर टँगा हुआ मछली मारनेका जाल; *at* ~ विचाराधीन, दुविधामें, विपन्न, संकटापन्न, सकटग्रस्त, जोखममें, खतरेमें; *have a* ~ *in the country* देशकी आर्थिक समृद्धिके लिए चिन्तित होना।

stalactic a. निच्यावाइम-सम्बन्धी।

stalactiform a. उपर्युक्त पिण्डके आकारका।

stalactite n. आइचुताइम, निच्यावाइम; चूनेके कार्बोनेटका पिण्ड।

stalactitic a. चूर्णक-पिण्डके गुणोंसे युक्त।

stalagmite n. निइचुताइम, उच्च्यावाइम, STALACTITE की भाँति गुफाके तलपर प्रायः उससे मिलकर जमनेवाला पिण्ड।

stalagmitic a. उच्च्यावाइम-सम्बन्धी या उसके समान।

stale[1] १. n. पशुओं और घोड़ोंका मूत्र; २. v.t. & i. (घोड़े इत्यादिका) पेशाब करना, मूतना; सामान्य बनाना; पुराना या बासी करना, बेमजा कर देना; ३. a. विकृत, बिगड़ा हुआ; पर्युषित, नीरस, स्वादहीन, पुराना, बासी, उबसा हुआ (~ *food, news*); (ला०) अनूतन, पुरातन, बीतकाल, कालतिरोहित, जीर्ण, अति व्यवहृत, सामान्य, पुराना, पिटा-पिटाया, घिसा हुआ (~ *joke*); अतिश्रान्त, बेकार, थका-माँदा (पहलवान)।

stale[2] n. (प्रा०) प्रलोभक वस्तु; दूसरे पक्षियोंको लुभा लानेवाली चिड़िया; उपहासपात्र; सीधा-सादा या भोला-भाला आदमी, भोंदू; (ला०) प्रलोभन; common ~ वेश्या, रण्डी।

stalemate १. n. (शतरंजमें) शह, जिच (जब कोई घर चलनेके लिए न रहे); गत्यवरोध; २. v.t. (खिलाड़ीको) शह देना, जिचमें डालना; (ला०) गत्यवरोध उत्पन्न करना, गतिरोध लाना।

staleness n. पुरानापन, स्वादहीनता, बासीपन; अनूतनता, नीरसता; सामान्यता।

staling n. बासी होना।

stalk[1] १. n. राजसी गति, ठाठकी चाल, रोबदार चाल; शिकारको घेरना, छिपकर शिकारपर आक्रमण या पीछा करनेका कार्य; २. v.t. & i. गर्वके साथ या सीना तानकर चलना, इतराकर या ऐंठकर चलना, इठलाना, अकड़कर चलना, राजसी या प्रभावशाली ढगसे चलना; चुपके-चुपके (शिकारका) पीछा करना; छिपकर शिकारको पकड़ना, चुपचाप शिकारको जा दबोचना।

stalk[2] n. (वन०) पुष्पवृन्त, स्तम्भ, काण्ड, नाल, अक्षदण्ड, डण्ठल, डण्डी, तना; (शिथिलतः) जोड़, किसी अंगका आधार; पशुओंमें पुष्पवृन्त-सदृश अथवा डण्ठल-जैसा अवयव; (स्था०) पुष्पवृन्त-सदृश सिगार, पौधेके डण्ठल-जैसा बेलबूटा; पेंदेके ऊपर बनी शराबके गिलासकी डण्डी; कारखाने आदिकी लम्बी चिमनी; ~-eyed जोड़ परकी आँखोंवाला (~*-eyed crab*)।

stalked a. सवृन्त, पुष्पवृन्तयुक्त, डण्ठलदार; डण्डीदार; डण्ठल-जैसे जोड़वाला।

stalker n. रोबके साथ अकड़कर चलनेवाला; चुपके-चुपके पीछा करनेवाला; छिपकर शिकार करनेवाला।

stalking n. (शिकारका) चुपचाप पीछा करना, घेरना; ~ horse ऐसा घोड़ा (जिसकी आड़में शिकारी शिकार खेलता है; (ला०) टट्टीकी आड़, आड़, ओट, बहाना, मिस।

stalkless a. पुष्पवृन्तहीन, अनाल, बेडण्ठल, बेडण्डी।

stalklet n. वृन्तिका, लघुपुष्पवृन्त, नालक, छोटा डण्ठल या डण्डी; छोटा अवयव।

stalky a. पुष्पवृन्तवत्, अक्षदण्ड-सदृश, डण्ठल-जैसा।

stall[1] १. n. आपणिका, विक्रयणी, सामान बेचनेके लिए बाजारकी दुकान, भवनका कमरा, सामान रखनेकी मेज, चौकी, तख्ता, स्टॉल (*picked it up in* or *on a book*-~); पशुशाला, गोशाला, अस्तबल, घुड़साल, तबेला; कोयलेकी खानमें काम करनेका कमरा; नाट्यशालामें सामने लगे हुए आसनोंमेंसे प्रत्येक; चर्चके गायनमंचपर नियत आसन; पद; २. v.t. & i. पशु आदिको (स्वस्थ बनाने या तैयार करनेके लिए) पशुगृहमें बाँधे रखना, थानपर रखना; पशुशाला या अस्तबल आदिमें पशुओंके लिए कमरे बनाना, थान बनाना; (घोड़ा या गाड़ीका) कीचड़ या बर्फमें धँस जाना; (मोटर इंजिनका) रुक जाना; ठप्प हो जाना; (विमान या वैमानिकका) अस्थिर होना, गतिके खो जानेसे विचलित हो जाना; ~-feed थानपर बाँधकर जानवरको पुष्ट करना, मोटा-ताजा करना, अस्तबलमें पालना।

stall[2] १. n. धूर्त, ठग, पाकेटमार या जेबकटका संगी; २. v.t. & i. अवरुद्ध करना, बाधा डालना, रुकावट डालना, विलम्ब करना, देर करना, रोड़ा अटकाना, घेरा डालना ⊙; परिहार करना, टालमटोल करना, बातचीतके द्वारा टालना ⊙; ~ *off* टालमटोल करके छुटकारा पाना, बच निकलना।

stallage n. आपणिकाधिकार, आपणिका लगानेका अधिकार या शुल्क; बाजारमें दुकान लगाने या स्टॉल खड़े करनेका स्थान; मुमटा या पशुशालाका कर, भाड़ा।

stalled ⊙ a. अवरुद्ध, बन्द (*a* ~ *ox*)।

stallion n. जननाश्व, बीजाश्व, साँड़ घोड़ा।

stalwart १. n. (राज०) राजनीतिक दलका पक्का समर्थक, जबरदस्त सदस्य; २. a. दृढ़प्रतिज्ञ, स्थिरचित्त, निर्भीक, दृढ़, दृढ़निश्चयी, वीर, पक्का, जीवटका, दिलेर (~ *supporters*); बलिष्ठ, बलवान्, हृष्टपुष्ट, हट्टाकट्टा, सुगठित शरीरवाला, दीर्घकाय, तगड़ा, मजबूत।

stalwartness n. दृढ़ता, निर्भीकता, साहस, पक्कापन; हृष्टपुष्टता, हट्टाकट्टापन, तगड़ापन।

stamen n. पुकेसर, परागकेसर, बीजकेसर, फूलकी बीजदानी; सूत, तागा।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

stamened a. पुंकेसरयुक्त, परागकेसरयुक्त।

stamina n. सत्त्व, सार, बल, सहनशक्ति, शारीरिक शक्ति, तेज, ओजस्विता, जीवट।

staminal a. सत्त्वीय, पुंकेसरीय, पुंकेसर-सम्बन्धी, (*~ corona*); सत्त्व-सम्बन्धी, तेजस्वी, जीवटका।

staminate a. पुंकेसरी, पुंकेसरयुक्त, परागकेसरमय (किन्तु स्त्रीकेसरमण्डलसे रिक्त), पुकेसरमय (*~ flower*)।

stamineal, stamineous aa. पुंकेसरी, पुंकेसरीय, पुंकेसर सम्बन्धी।

staminiferous a. पुंकेसरयुक्त।

stammel n. अरुण राग, लाल रंग; अरुण ऊर्णावसन, लाल ऊनी कपड़ा।

stammer १. n. हकलानेकी प्रवृत्ति; हकलाहट, तुतलाहट, स्खलित उच्चारण, हकलाते हुए दिया गया भाषण, रुक-रुककर कही गयी बात; २. v.t. & i. तोतला होना, हकलाना, तुतलाना, रुक-रुककर बोलना; हकलाते हुए (शब्दोंका) उच्चारण करना, रुक-रुककर बात कहना (*~ed out an excuse*)।

stammerer n. स्खलितवादी, हकला, हकलानेवाला, तोतला।

stammering १. n. वाणी-स्खलन, हकलाना, तुतलाना; २. a. हकलानेवाला।

stamp* १. n. मुद्रा, मुहर*, ठप्पा, छापा; राजकीय मुद्रा, प्रमाणके लिए सरकारी मुहर; मुद्रांक, अंक, मुद्रित चिह्न, छाप*, ठप्पा, मुहरकी निशानी; टिकट, रसीदी टिकट*; अकपत्र, स्टाम्प; छाप, मुहर, लेबिल, किसी वस्तुके गुणोंका सूचक चिह्न; (ला०) लक्षण, विशिष्टता-सूचक चिह्न, निशान (*bears the ~ of genius*); पादप्रहार, पदाघात, पैरसे जोरकी चोट; धातु कूटनेकी चक्कीमें कच्चे लोहेको पीसनेवाली मोगरी; स्वरूप, प्रकार, चरित्र, जाति, प्रकृति, आकार, रंगढंग, चाल, डौल (*avoid men of that* or *his ~*); २. v.t. पाँव मारना, पैर पीटना; ठप्पा लगाना, अंकित करना, मोहर करना, निशान करना; छापना; सिक्का बनाना; कूटना, पीटना; ~-collector टिकट-संचयन-कर्त्ता, डाकके पुराने टिकट एकत्र करनेवाला; ~-duty स्टाम्पकर; *~ out* (विद्रोह आदिको) समाप्त करना, समूल नष्ट करना, कुचल देना, मिटा देना;

~ account, ~-album, ~ booklet, ~ machine, ~ office, ~ pad, ~ penalties, ~ punch, ~ rack, ~ register, ~ rules, ~s attached, ~ vendor.

stampage n. मुद्रांक, छाप।

stamped a. अंकित, मुद्रांकित (*~ paper*); अंकपत्रित (*~ article*)।

stampede १. n. (राज०) आकस्मिक आन्दोलन, सामान्य प्रेरणावश अनेक मनुष्योंका असंगठित आन्दोलन⊙; भखलली, आतंक या भयके कारण आकस्मिक भगदड़, भागदौड़, हड़बड़ी; (घोड़ों या पशुओंका) सहसा पलायन, भागाभागी, भागड़; २. v.t. & i. भगदड़में पड़ना या डाल देना।

stamper n. मुद्रांकक, मुद्रांकनकर्त्ता, ठप्पा लगानेवाला, छाप या मुहर लगानेवाला; मुद्रांक-यन्त्र; कच्ची धातु पीसनेकी मशीन।

stamping n. मुद्रांकन, पत्रांकन;

~ fee, ~ ink, ~ inkpad, ~ machine.

stamping ground⊙ n. आश्रय, अखाड़ा।

stance n. (गोफ, क्रिकेट) चोट लगनेके समय खिलाड़ीकी स्थिति।

stanch[1], **staunch** v.t. रक्तस्तम्भन करना, घावसे रक्तके बहनेको रोकना; प्रवाह रोकना, बहाव थामना।

stanch[2] a. = STAUNCH[1].

stancher n. रुधिर-रोधी व्यक्ति या वस्तु, खूनका बहाव रोकनेवाली दवाई।

stanchion १. n. स्थाणु, स्कम्भ, स्तम्भ, खम्भा, टेक, थूना, सीधा डण्डा; आधार, अवलम्बन, आड़; पशुओंकी सारमें लगा हुआ सीधा डण्डा, खूँटा, बेंड़ा, आगल; २. v.t. खम्भा लगाना, थूना खड़ा करना, आगलसे (पशुओंको) बाँधना।

stanchless a. अरोध्य, अनवरोधनीय, जिसका प्रवाह न रोका जा सके।

stanchness n. दृढ़ता, पायदारी, पक्कापन, मजबूती; निष्ठा, भक्ति, वफादारी।

stand[1] n. आधार, भाजन, पात्र, मेज, रैक आदि, स्टैण्ड (जिसपर वस्तुएँ रखी जावें) (*hat-~*); बाजारकी गोमटी, स्टॉल (*fruit-~*); सवारियों आदिके लिए अड्डा; मंच, चबूतरा, ऊँचा स्थान; गवाहोंका कटघरा⊙ (*take the ~*); टिकटिकी, धड़ौंची; ढाँचा, फ्रेम⊙; स्थिति, स्थान, ठौर, जगह (*took his ~ near the door*); चौकी, तख्ता, स्टॉल⊙; अवस्थान, अचलावस्था, प्रतिरोध करनेके उद्देश्यसे ग्रहण की गयी स्थिर अवस्था, उपाश्रय, रुकाव, ठहराव, ठिकाना, अड्डा (*make a ~*); गतिस्तम्भ, स्तब्धता, गतिरोध, विकासरोध, स्थिरता, कुण्ठा, टिकाव, पड़ाव (*came, was brought, to a ~*); मुकाबला, सामना; (रंगमंच) नाटक आदि खेले जानेकी यात्राका प्रत्येक पड़ाव, डेरा, मुकाम (*a one-night ~*); (तिपतिया वनस्पति आदिकी) खड़ी खेती; (आस्ट्रेलियामें) स्टैण्ड, वृक्षसंख्या, जंगल या उसकी लकड़ी; ~ for⊙ चेहरा; ~ of arms एक आदमी भरके हथियार; ~ of calours रेजीमेण्टके झण्डे; ~-point दृष्टिकोण, आधारबिन्दु; *be at a ~* (प्रा०) अस्थिर होना, विचलित मनोदशामें होना, आगे बढ़नेमें अयोग्य होना; *I take my ~ on the precise wording of the act* मैं अपने तर्कको अधिनियमकी स्पष्ट शब्दावली पर आधारित करता हूँ या अधिनियमोंके शब्दोंपर भरोसा करता हूँ;

~ class, ~ fire, ~ method, ~ pipe, ~ table.

stand[2] v.t. & i. (प्रायः *up* के साथ) स्थिर रूपमें सीधा खड़ा रहना, खड़ा होना, उठना, उठ खड़ा

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

होना (*tell him to ~ up*); स्थापित होना, अवस्थित होना, एक स्थानपर स्थिर होना, ठहरना, टिकना, थमना, कायम रहना (*~ still*); स्थित होना, रहना, विद्यमान या मौजूद होना, टिकना, होना (*on each side ~ two pillars*); स्थिति बनाये रखना, स्थिर रहना, अडिग या अचंचल रहना, दृढ़तासे टिके या थमे रहना, डटे रहना, जमे रहना, जारी रहना, कायम रहना (*house will ~ another century*); वैध या अपरिवर्तित रहना, ठीक-ठीक रहना, ज्योंका त्यों रहना, बना रहना (*the former conditions may ~*); होना, रहना, (*~s in need of help*); ऊँचा होना, विशिष्ट ऊँचाईका होना (*~s six foot three*); मुड़ना और विशेष अवस्थामें रहना (*~ back*); (नौवि०) विशिष्ट मार्ग ग्रहण करना, कोई खास रास्ता अख्तियार करना (*~ in for the shore*); (कुत्तेका) संकेत करना, इशारा करना, (कुत्तेको) शिकारपर छोड़ना; विशिष्ट स्थितिमें रखना, खड़ी हुई स्थितिमें रखना, खड़ा रखना, खड़ा करना (*~ the jug on the table*); सहना, झेलना, उठाना (*nerves could not ~ the strain*); व्यय वहन करना, अपनी गाँठसे देना, खर्च देना (*stood him a drink*); (भाग्यके) सम्मुख होना, लड़ना; अभियोगका सामना करना, (मुकदमा) लड़ना या भुगतना; ~-by आधार, अवलम्ब, आश्रय, सहारा, विश्वस्त व्यक्ति, संकटमें सहायता करनेवाला या भरोसे योग्य व्यक्ति या वस्तु; ~-by (adj.) अतिरिक्त; ~-off (half) (रगबी फुटबाल) हाफ बैक (जो कि आगे और पीछेके खिलाड़ियोंमें सम्बन्ध जोड़ता है); ~-offish पृथक्, अलग, दूर, संकोची, झेंपू, अलग-अलग-सा, कोरा, रूखा, बेमिलनसार; ~-offishness संकोचीपन, दूरी, अमिलनसारता, रूखापन, झेंपूपन; ~-up सीधा खड़ा (*-up collar*); *corn ~s higher than ever* अनाज पहलेसे अधिक मँहगा है; *hair ~s on end* स्तम्भित होना, रोमांच हो आना, रोंगटे खड़े होना; *I ~ corrected* मैं सुधार स्वीकार करता हूँ; *~ against* विरोध करना; *~ by* (prep.) अनुमोदन करना, समर्थन करना, पक्ष लेना, साथ देना; (शर्तोंपर) दृढ़ रहना, (प्रतिज्ञा) पालन करना, बातपर टिके रहना; (नौवि०) (लंगर इत्यादि) पकड़ना या पकड़नेके लिए तैयार रहना; *~ by* (adv.) आसपास रहना, समीप रहना, पास-पास खड़ा रहना, पाससे खड़े देखते रहना (*will not ~ by and see him ill-treated*); (मूल०, नौवि०) जागरूक या सजग रहना, सावधान खड़ा रहना, होशियार रहना; *~ committed* वचनबद्ध रहना; *~ down* (सेना०) काम पूरा करके हटना, ड्यूटी करके चल देना; साक्षीके कटघरेसे उतरना, किसी स्थितिसे हटना; *~ fast* पक्का रहना; *~ fire* विरोध सहना, गोलोंकी बौछार सहना, शत्रुकी गोलाबारीका बिना हटे सामना करना, तोपोंके सामने पीछे न हटना; *~ for* अन्तर्निहित होना, प्रतिनिधित्व करना, संकेत करना लक्षण प्रकट करना, अर्थ रखना (*P.O. ~s for postal order*); (पदके लिए) अभ्यर्थी या उम्मीदवार होना, संसदमें किसी निर्वाचनक्षेत्रके प्रतिनिधित्वका उम्मीदवार होना; (मुख्य व्यापार आदिका) समर्थन करना, पक्षपोषण करना, पक्ष लेना; (बोल०) सहन करना, सहना, सन्तुष्ट रहना, सहमत होना; सहना, बरदाश्त करना⊙; *~ in good stead* हितकर होना; *~ off* दूर हो जाना, अलग हट जाना, दूर चला जाना, दूरीपर रहना; (v.t.) अस्थायी रूपसे नौकरी छोड़ना; *~ on* आग्रह करना, डटे रहना, जोर देना; अति सतर्कतासे पालन करना या मानना (*~ on ceremony*); ~ one's *ground* अपनी स्थितिको बनाये रखना, डटे रहना, जमे रहना (शा० एवं ला०, तर्क आदिके सम्बन्धमें); *~ out* अविचलित रहना, प्रतिरोध करते रहना, डटे रहना, अड़े रहना, हठ करना, जमे रहना (विरोध या सहिष्णुतामें); प्रमुख होना, महत्त्व प्राप्त करना, विख्यात होना; *~ over* स्थगित होना, पड़े रहना; *~ to* (prep.) (प्रतिज्ञा पर) दृढ़ रहना, डटे रहना, टिके रहना, जमना, कायम रहना; *~ to sea* समुद्री यात्रापर चले जाना, *~ up*⊙ दिखाना; उठ खड़ा करना; *~ up for* (किसी व्यक्तिका) पक्ष लेना, पक्षपोषण करना, साथ देना, हिमायत करना; (किसी बातकी) पुष्टि करना, समर्थन करना, अनुमोदन करना; *~ upon*, = *~ on*; *~ upto* (विरोधीका) साहसपूर्वक सामना करना, मुकाबला करना; (वस्तुओंका अत्यधिक व्यवहार होनेपर भी) ठीक-ठीक रहना, नहीं घिसना या बिगड़ना; *~ up with* साथ-साथ नाचना, (सहयोगीके साथ) नाचनेके लिए खड़ा होना।

standard n. (सर्वोत्तमताका) स्तर, श्रेणी, कोटि, आदर्श-स्थिति, स्टैण्डर्ड (*does not come up to the ~*); आदर्श, आदर्श वस्तु, बानगी, नमूना (*the ~ work on the subject*); मान, आप्तमान, प्रतिमान, मानदण्ड, मापदण्ड; प्रमाप, मानक, प्रामाणिक माप (*~ pound*); मापतौल, कसौटी; ध्वज, पताका, रणपताका, झण्डा, फरहरा, खास निशान (*royal ~*); (ला०) जन-सिद्धान्त, नारा (*raise the ~ of revolt, free trade*); सीधा आधार, खड़ी वस्तु, टेक, थूनी; पानी या गैसका सीधा खड़ा नल; सीधे तनेपर आरोपित की हुई तथा वृक्षके रूपमें तैयार की गयी झाड़ी; ~-bearer पताकावाहक, पताकाधारी, ध्वजवाहक; (ला०) अग्रणी, किसी आन्दोलनका नेता; ~ bread मानिक रोटी, गेहूँ या मिले हुए आटेकी रोटी;

~ acres, ~ agreement form, ~ atmosphere, ~ barrage, ~ cadmium cell, ~ candle, ~ celestial sphere, ~ classification, ~ clock, ~ cloth, ~ coin, ~ conditions, ~ coordinates, ~ configuration, ~ curve, ~ design, ~ deviation, ~ dimension, ~ enhancement, ~ error, ~ fast red,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ foot, ~ forest, ~ form, ~ gas thermometer, ~ gold. ~ lake red, ~ language, ~ mercury barometer, ~ meter, ~ method, ~ mineral, ~ mixture, ~ money, ~ moving dimensions, ~ nut, ~ outturn, ~ pattern, ~ position, ~ pressure, ~ process, ~ questionnaire, ~ rate, ~ red, ~ rent, ~ resistance coil, ~ results, ~ schedule, ~s committee, ~ shelter, ~ sieve, ~ silver, ~ size, ~s office, ~ spacing, ~ specification, ~ stock, ~ substance, ~ supply, ~ taper joint, ~ temperature, ~ term, ~ thermometer, ~ time, ~ unit, ~ value, ~ weight, ~ wood, ~ yard.

standardization n. प्रमापण, प्रमापीकरण, माननिर्धारण, मानकीकरण, स्तरीकरण, आदर्शीकरण।

standardize v.t. प्रमापित करना, स्तरीकरण करना, स्तरपर लाना, स्तर या आदर्शके अनुकूल बनाना, निर्धारित आदर्शके अनुरूप बनाना; (रसा०) तुलनाके हेतु विश्लेषणके द्वारा (घोलकी) विशिष्ट माप प्राप्त करना।

standardized a. प्रमापित, मानकीकृत।

stander n. खम्भा लगानेवाला, थूना खड़ा करनेवाला; स्थाता, स्थित होनेवाला व्यक्ति, खड़ा रहनेवाला आदमी।

standing[1] n. स्थायित्व, स्थिति, अवस्थिति, अवस्थान आदि (क्रियागत अर्थोंमें); बल, जोर; कालावधि, समय, जमाना, मुद्दत (*a dispute of long ~*); आस्पद, पद, स्थान, पद-मर्यादा, ख्याति, प्रतिष्ठा, पदवी, हैसियत, दर्जा, साख (*men of high ~*)।

standing[2] a. स्थित, खड़ा हुआ, बसा हुआ आदि (क्रियागत अर्थोंमें); प्रस्थापित, स्थिर, जमा हुआ (*a ~ rule*); स्थायी, टिकाऊ (*~ army*); ~ crop स्थित सस्य, खड़ी फसल; ~ orders स्थायी आदेश; ~ rigging पक्का रस्सा, मस्तूलको सहारा देनेवाली जहाजकी रस्सियाँ; ~ room खड़ा होनेकी जगह;

~-bed, ~ bowl, ~ ground, ~-place, ~-stone.

standish n. (प्रा०) मसिपात्र, दवात।

standpatter ⊙ n. अपने दलके सिद्धान्तोंका दृढ़ अनुयायी राजनीतिज्ञ।

standstill n. स्तब्धता, गतिरोध।

stang n. स्तम्भ, खम्भा, पोल, बाँस, लग्गी; दीर्घ शलाका, लम्बी छड़।

stanhope n. दो या चार पहियोंकी हल्की खुली गाड़ी; (*S~ press* भी) स्टैनमुद्रण-यन्त्र, लोहेकी छापनेवाली मशीन।

staniel n. = KESTREL.

stank STINK का भूतकालिक रूप।

stannary n. & a. त्रपुष्ठ, टीनकी खान, टीनकी खानोंवाला स्थान।

stannate n. त्रप्वीय, स्टेनेट।

stannic a. त्रप्विक, टीनी, टीन-सम्बन्धी।

stanniferous a. त्रपुभर, टीनभरा, टीनवाला, उत्पन्न करनेवाला।

stannous a. त्रप्य, टीनभरा, टीन-सम्बन्धी, टीकका।

stanza n. स्तवक, श्लोक, पद्यांश, छन्द, बन्द (*Spencerian ~*); चतुष्पदी, चौपाई, कुछ ग्रीक और लैटिन छन्दोंमें चार पंक्तियोंका छन्द (*Alcaic ~*)।

stanza'd, stanzaed aa. छन्दबद्ध, छन्दयुक्त।

stanzaic a. छन्द-सम्बन्धी।

staple[1] १. n. कुण्डी, नोकदार छल्ला, स्टेपल; चोरतालेका घर; तारकी सिलाईमें प्रयुक्त मुड़ा हुआ तार; ओवे और इसी प्रकारके अन्य बाजोंके पर्दोंको पकड़नेवाली धातुकी नली; २. v.t. कुण्डी जड़ना, कुण्डीसे बाँधना; तारसे नत्थी करना (*~ing machine*)।

staple[2] १. n. वाणिज्यकी प्रमुख वस्तु, प्रधान पण्यद्रव्य, दिसावरी जिन्स, सौदा (*the ~s of that country*); कच्चा माल; मण्डी, बाजार; (ला०) प्रधान उपादान, मुख्य तत्त्व या विषय-वस्तु (*formed the ~ of conversation*); आयाम; देशका प्रधान उत्पन्न द्रव्य; (कपास, ऊन आदिकी विशेषता जाननेके विचारसे) रेशा, सूत (*cotton of fine, short, ~*); २. v.t. वर्गीकरण करना, रेशेके अनुसार (ऊन आदिको) अलग-अलग छाँटना; ३. a. प्रमुख, मुख्य, विशिष्ट, प्रधान, खास, अहम (*~ commodities*)।

stapled a. गुणमय, गुणयुक्त, रेशेदार।

stapler n. पण्यजीवी, आढ़तिया, व्यापारी; (रेशेके अनुसार) विभाजित करनेवाला, छाँटनेवाला।

star[1]* n. नक्षत्र, तारक, तारा*, सितारा; (*fixed ~* भी) तारकपिण्ड, स्थिर तारा; तारकचिह्न; तारा, घोड़ेके मत्थेपरका श्वेत चिह्न; तारेके आकारकी चमकती हुई वस्तु; (ताशके खेलमें) अतिरिक्त बाजी; दैवी नक्षत्र, भाग्यका तारा (*born under an unlucky ~*); तारक या तारिका, कम्पनीमें प्रमुख अभिनेता या अभिनेत्री (*film ~*); लब्धप्रतिष्ठ या विख्यात जन, प्रतिष्ठित या प्रतिभावान् व्यक्ति; binary ~ द्विक तारा, एक-दूसरेके आसपास घूमनेवाले दो तारे; day~ (का०) प्रातःकालीन तारा, सूर्य; ~-apple पश्चिमी भारतका सेबके आकारका खाद्य फल; ~-drift तारागति, आकाशके एक ही भागमें अनेक स्थिर तारोंका सामान्य दिशामें अपवहन; ~fish शल्यतारक, तारा मछली, पाँच या उससे अधिक बाजुओंवाला माणवचर्म मत्स्य; ~-gazer (ह्रास्य) तारेक्ष, गणितज्योतिषी; *S~ of India* सितारे हिन्द नामक उपाधि-विशेष; ~ shell तारास्फोट, हवामें फटनेवाला गोला; ~-spangled सितारों-भरा; ~ turn किसी प्रदर्शन या खेलका प्रमुख प्रकरण; the ~ system नाटकके लिए एक-दो अभिनेताओंका भरोसा;

~ bard, ~-bright, ~ burner, ~ grass, ~ jasmine, ~-led, ~light, ~ lily, ~

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

-nosed mole, ~ number, ~ point method, ~-proof, ~ quartz, ~ sapphire, ~ shake, ~-shine, ~-thistle.

star[2] v.t. & i. तारोंसे अलंकृत करना, तारे जड़ना, सितारोंसे सजाना; (सूचीमें नामपर) तारांकित करना, ताराचिह्न अंकित करना; नाटक या चित्रपटके तारकके रूपमें प्रस्तुत होना, रंगमंचपर प्रधान अभिनेताकी भाँति आना, स्टेजपर उतरना; (ताशके खेलमें) अतिरिक्त दाँव खरीदना।

starboard १. n. आगेको निकला हुआ जलयानका दक्षिण पार्श्व; २. v.t. (पतवारको) जहाजकी दाहिनी ओर घुमाना या मोड़ना, दाहिने रखना।

starch १. n श्वेतसार, मण्ड, माँड, माँड़ी, निशास्ता, कलफ, स्टार्च; (ला०) बाह्यानुष्ठान, शिष्टाचारिता, नियमनिष्ठा, व्यवहारमें कठोरता, हठ, कड़ापन; मैदा, आटा ⊙ (जैसे, *corn* ~); २. v.t. माँड़ी या कलफ लगाकर कड़ा करना, कलफ देना; ३. a. (अब क्व०) आनुष्ठानिक, नियमनिष्ठ, कठोर नियमानुवर्ती; कड़ा;

~ blue, ~ cellulose, ~ content, ~ ~ factory, ~ grain, ~ gum, ~ iodide paper, ~ paper, ~ paste, ~ sheath, ~ storage, ~-storing cells, ~-textured.

starched a. मण्डयुक्त, कड़ा किया हुआ, कलफ लगाया हुआ, कलफदार, खड़ा।

starchedness n. कड़ापन, कलफदारी।

starcher n. कलफ लगानेवाला; कलफ लगानेकी कल।

starchiness n. कड़ापन, कलफदारी।

starchness n. नियमनिष्ठता, कठोरता, कड़ापन।

starchy a. कलफदार; कठोर, कड़ा।

stare १. n. अन्यदृष्टि, स्थिर दृष्टि, निर्निमेष दृष्टि, एकदृष्टि, टकटकी; २. v.t. & i. (विस्मय, प्रशंसा, अज्ञानता, व्याकुलता, आतंक, धृष्टतापूर्ण उत्सुकता आदिमें) विस्फारित नेत्रोंसे निहारना, आँखें फाड़-फाड़कर देखना, आँख गड़ाना, आँखें गड़ाकर देखना, टकटकी लगाकर देखना, निहारना, ताकना, घूरना; (मुख्यतः part. में) अनुपयुक्त रूपसे प्रसिद्ध होना, बहुत अधिक भड़कीला होना, खटकने लगना, भद्दा लगना (*a ~ing waistcoat*); घूरकर (किसीको) मना करना, असमंजसमें डाल देना, घबरा देना, झेंपा देना (*~d him out of countenance*); ~ *down* घूर डालना, टकटकी लगाकर देख डालना; ~ person *in the face* दिखावा करना, प्रदर्शित होना, स्पष्ट होना, साफ दिखाई पड़ना।

starer n. विस्फारित नेत्रोंसे देखनेवाला, आँखें फाड़कर देखनेवाला, आँख तरेरनेवाला, नजरबाज।

staring a. बद्धदृष्टि, टकटकी लगाये; बद्धलक्ष्य।

stark १. a. (का०) पुष्ट, बलिष्ठ, दृढ़, पक्का, मजबूत; (का०) दुर्दमनीय, अडिग, अटल, दृढ़प्रतिज्ञ, आग्रही, दृढ़निश्चयी, हठी, जिद्दी; कठिन, कठोर, रुक्ष, कड़ा, सख्त (*lies ~ in death*); अशेष, सम्पूर्ण, पूर्ण, समग्र, पूरा, अत्यन्त, केवल, पक्का, निपट, निरा, सरासर, निहायत (*~ mad, naked*); २. adv. पूर्णरूपेण, पूरा-पूरा, निपट, बिलकुल।

starkness n. बलिष्ठता, दृढ़ता, पक्कापन, मजबूती; दुर्दमनीयता, अडिगता, अटलता, दृढ़प्रतिज्ञता, आग्रहिता, दृढ़निश्चयित्व, हठीपन, जिद्दीपन; कठिनता, कठोरता, सख्ती; अशेषता, सम्पूर्णता, पूर्णता, स्पष्टता, अत्यन्तता, निरापन।

starless a. तारकशून्य, ताराविहीन, बेतारा।

starlet n. तारक, तारिका, छोटा तारा।

starlike a. नक्षत्रवत्, ताराकार, तारारूप, तारा-जैसा।

starling[1] n. सारिका, मैना पक्षी।

starling[2] n. (पुलके खम्भेके चारों ओर सुरक्षाके लिए आधारके रूपमें नदीके तलमें गाड़ा हुआ) पुश्ता।

starred a. तारकित, तारांकित (*~ question*); तारकखचित, तारामय, सितारोंसे भरा।

starriness n. नक्षत्रखचितत्व, तारासंकुलत्व, तारासंकुलता, तारामयता, सितारों-भरा होना।

starry a. नक्षत्रखचित, तारकित, तारासंकुल, तारामय, तारों-भरी; तारा-सम्बन्धी, तारोंका।

start[1] n. प्रस्थान, प्रस्थानारम्भ, यात्रा या कार्य या दौड़का प्रारम्भ, आरम्भ, श्रीगणेश, शुरुआत (*shall make an early ~ for town*); प्रस्थानस्थल, दौड़के आरम्भका स्थल, मुकाम; आकस्मिक प्रकम्प, स्फुरण, कम्पन, हिचकोला, धक्का, चौंक, चमक, भड़क; लहर, मौज; (pl.) सान्तर या सविराम प्रयत्न या आन्दोलन, बेसिलसिला काम या कोशिश (*works by fits and ~s*); दौड़में सुविधा, रियायत (*will give you 60 yards ~*); व्यापारादिमें प्राप्त उपयोगी स्थिति, अवसर, अच्छा या फायदेका मौका (*got a good ~ in life*); (बोल०) विस्मयकारी घटना; *got the ~ of his rivals* अपने विरोधीसे अधिक लाभमें रहा।

start[2]* v.t. & i. प्रस्थान करना, यात्रा आरम्भ करना, चल देना*, रवाना होना, कूच करना, चलना, निकलना, छूटना (*we ~ at six*); (यात्रा, उद्योग, पुस्तक, सिगार आदि) आरम्भ करना; (काम) छेड़ना, शुरू करना; आरम्भ होना, शुरू होना; (लकड़ियों आदिका) अपनी जगहसे हट जाना, डुल जाना, खिसक जाना; (आकस्मिक आघात या प्रेरणावश) विचलित होना, एकाएक स्थिति परिवर्तित करना, जगहसे हटना (*~ aside, from one's chair*); (पीड़ा, विस्मय आदिके कारण) बिदकना, चमकना, भड़कना, चौंक उठना, चौंक जाना, उछल पड़ना (*~ed in his seat*); (उद्योग, समाचारपत्र, व्यवसायका) संचालन करना, प्रारम्भ करना, जन्म देना, चालू करना, चलाना; (घड़ी) चलाना; (झगड़ा आदि) पैदा करना, खड़ा करना, हो पड़ना, खड़ा होना; (आपत्तियाँ) उठाना; कारण होना, आरम्भ कराना, शुरू कराना (*this ~ed me coughing*); (किसी व्यक्तिसे) व्यापार आरम्भ कराना या करनेके योग्य बनाना, कामपर लगाना; (दौड़ आरम्भ करनेका संकेत) चलो!;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

stint १. n. परिमिति, नियमन, परिसीमन, प्रयत्न और मात्राका सीमाबन्धन, सफ़ाई या कोशिशकी कमी; किसी वस्तुका नियत या निरूपित परिमाण, मर्यादा, निश्चित कार्य, कार्यकी सीमा, हद्दः कोयलेकी खानकी खुली हुई सतहका क्षेत्र; SANDPIPER जातिका लाल पीठवाला रेगिस्तानी पक्षी; २. v.t खर्व करना, सीमाबद्ध कर देना; (प्रा०) अवरुद्ध करना, उठा देना, बन्द करना, ठप्प करना, रोक देना; कम भत्तेपर रखना, कमीमें रखना, भूखा रखना (*~ oneself* or person or animal *in* food etc.); कम मात्रामें देना, मुँह बनाकर देना, खीजकर देना, थोड़ा-थोड़ा देना, कंजूसीके साथ (रसद) देना (*~ food*); *laboured without ~* दिल खोलकर परिश्रम किया ।

stinted a. परिमित, सीमित, प्रतिबन्धित, मर्यादित, नियमित, अवरुद्ध ।

stipe, stipes n. (वन०, जन्तुवि०) वृन्तक, उद्वृन्त, छत्रवृन्त, उण्ठल, डण्डी ।

stipel n. (वन०) अनुपर्णक; अनुपत्र ।

stipellate a. (वन०) अनुपर्णकयुक्त; अनुपत्रिल ।

stipend n. वृत्तिका, वृत्ति, छात्रवृत्ति, शिष्यवृत्ति, भृति, वेतन, पारिश्रमिक, निर्धारित भत्ता, वजीफा, तनख़ाह ।

stipendiary n. & a. वृत्तिकाग्राही, वृत्तिभोगी, वृत्तिग्राही, वैतनिक, वेतनभोगी, वजीफा पानेवाला (*~ nurse, student*); ~ magistrate (गृहसचिव द्वारा नियुक्त बड़े नगरोंका) वृत्तिभोगी पुलिस मजिस्ट्रेट ।

stipiform, stipitiform aa. वृन्तक, छत्रवृन्त, उद्वृन्त-सदृश, डण्डी-जैसा ।

stipitate a. वृन्तक, पुष्पवृन्तयुक्त, छत्रवृन्तीय, उद्वृन्त-सम्बन्धी, डण्डीदार, डण्डीका ।

stipple १. n. उत्कीर्णन, चित्रण, रँगना, पेण्टिंग; बिन्दूत्कीर्णन; उत्कीर्ण वस्तु, चित्रित पदार्थ; चित्रित करने या रँगनेकी कूँची; २. v.t. & i. बिन्दूत्किरण करना, बिन्दी-बन्दी नक्काशी करना; (किसी वस्तु, पट्टीको) बिन्दुच्छादन करना, बिन्दुओंसे अंकित करना, बिन्दियाँ बनाना (*~ engraver*) ।

stippled a. बिन्दूत्कीर्ण, बिन्दी-बिन्दीवाला ।

stippler n. बिन्दुकार, बिन्दीकार, बिन्दी-बिन्दी नक्काशी करनेवाला ।

stippling n. बिन्दु-अंकन-कला, बिन्दु चित्रण, बिन्दूत्कीर्णन, नुक्ताकारी, बिन्दी-बिन्दी नक्काशी (*~ tool*) ।

stipula n. (वन०) = STIPULE.

stipulaceous a. उपपर्णयुक्त, अनुपत्रयुक्त ।

stipular, stipulary, stipulate[1] aa. उपपर्ण-सम्बन्धी, अनुपत्रीय, पर्णमूल-सम्बन्धी, उण्ठलदार, डण्डीदार (*~ flower, thorn*) ।

stipulate[2] v.t. & i. (*~ for*) अनुबन्ध करना, समझौता करना या सौदा करना, बन्धेज करना; समझौतेकी आवश्यक शर्तपर बल देना; प्रतिज्ञा करना, शर्त लगाना, बदना, तय करना, ठहराना ।

stipulated a. अनुबद्ध, अभिसंविदित, प्रतिज्ञात, निर्दिष्ट, नियत, संकेतित, निरूपित, तय (*~ period, ~ service*) ।

stipulation[1] n. प्रतिज्ञा, अनुबन्ध, अभिसंविदा, ठहराव, संकेत, शर्त, करार ।

stipulation[2] n. अनुपत्र-क्रम, उण्ठलकी बनावट ।

stipulator n. प्रतिज्ञा करनेवाला, शर्त करनेवाला, करार करनेवाला ।

stipule n. (वन०) पत्रमूल, पर्णमूल, उण्ठल, डण्डी ।

stipuliform a. अनुपत्राकार, अनुपत्रवत् ।

stir[1] १. n. संक्षोभ, विक्षोभ, क्षोभ, उत्तेजना, घबराहट; विप्लव, उपद्रव, आन्दोलन, हलचल, गड़बड़ी, चहलपहल, दौड़धूप, सनसनी, हड़बड़ी, खलबली, हुल्लड़ उधेड़बुन, हंगामा (*full of ~ and movement*); हलकी-सी मोड़; विलोड़न, आलोड़न, विचालन, मन्थन, गति, हरकत (*give the fire a ~*); २. v.t. & i. आलोड़ित करना, विचालित करना, चालित करना, गतिशील करना या होना, गति देना, चलाना, हिलाना, चलना, हिलना, सरकना, डोलना, हरकत देना (*sit without ~ring a foot, leg,* etc.); प्रोत्साहित करना, अनुप्राणित करना, आन्दोलित करना, प्राण फूँकना, जागृत करना, प्रेरित करना, उठाना, उकसाना, भड़काना, जान फूँकना

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(~ *up strife*); ~ one's *blood* उत्साहित करना, झिझकोरना, उठाना, जोश दिलाना, भड़काना, उभारना; ~ one's *wrath, bile*, etc. क्रुद्ध करना, क्रोध भड़काना, उकसा देना या गुस्सा पैदा करना; ~ *up* उत्तेजित करना, हिला देना, चलाना, फेंटना, एकमेल करना; ~ *your stumps* (बोल०) शीघ्रता करना, जल्दी करना, जल्दी-जल्दी चलना।

stir[2] n. (ग्रा०) बन्दीगृह, कारागार, कैदखाना, जेल।

stirk n. (बोल०) वर्षभरका बछड़ा या बछेड़ा।

stirless a. निश्चल, स्थिर, गतिहीन, अचंचल।

stirps n. (कानून) जनक, पुरखा; (प्राणिवि०) उपकुल।

stirrer n. चालक, विचालक, चलानेवाला, हिलाने-डुलानेवाला; उत्तेजक, प्रोत्साहक, उकसाने या भड़कानेवाला।

stirring १. n. विचालन, विलोडन (~ *rod*); २. a. प्रक्षोभी, स्फूर्त, स्फूर्तिमय, फुर्तीला; उद्दीपक, स्फूर्तिदायक, उकसानेवाला।

stirrup n. पादधारणी, पदाधान, रकाब; (नौवि०) पालको खोलने-लपेटनेमे काम आनेवाली छेदयुक्त रस्सी; (~ *bone* भी) पदाधानास्थि; ~-cup सवारको दिया गया प्याला; ~-iron बिना चमड़ेकी रकाब; ~-leather रकाब लगानेका चमड़ा, रकाबका तस्मा।

stitch* १. n. तीव्र पार्श्वशूल, पसलीकी तीव्र पीड़ा, बगलका जोरका दर्द; सीवन, तोपा, तुरपा, टाँका*, बखिया (*if one ~ gives the rest will*); टाँका लगाने या सिलाई आदिका ढंग (*am learning a new ~*); २. v.t. & i सीवाकरण करना, प्रसीवन करना, सिलाई करना, सीना, टाँका लगाना, तुरपना, बखिया करना; *a ~ in time saves nine* वक्तका एक टाँका बेवक्तके सौ टाँकोंसे बढ़कर है; *drop a ~* (कसीदाकारीमे) एक टाँका छोड़ देना; *has not a dry ~ on him* सिरसे पैर तक भीगा हुआ है; ~ *up* फिरसे सी देना, फटे कपड़ेकी मरम्मत करना।

stitcher n. सीवक, प्रसीवक, सिलाई करनेवाला, टाँका लगानेवाला; सीवायन्त्र।

stitchery n. सीवन, प्रसीवन, सिलाईका काम, सुईका काम।

stitching n. सीवन, प्रसीवन, सिलाई, टाँका लगाना (~ *machine*)।

stithy n. (प्रा० एवं का०) लुहारखाना, लुहारकी भट्ठी या दुकान; निहाई, अहरन।

stiver n. छोटेसे छोटा सिक्का, मुद्रा-विशेष।

stoat[1] n. बभ्रुद्यु नि, नेवलेकी जातिका जन्तु।

stoat[2] v.t. (फटे कपड़े या उसकी कोरको) गफ करके सीना (ताकि उसके टाँके दिखाई न दें)।

stochastic a. यादृच्छिक (~ *progress*)।

stock १. n. वाणिज्य-वस्तु, स्टॉक, (व्यापार या व्यवसाय आदिकी) सामग्री, सामान, माल; (मिलों, फैक्टरियोंका) कच्चा माल; संचय, संग्रह, कोष, स्कन्ध, भण्डार; मूल, मूलधन; वंशमूल, वंशस्रोत, कुलोद्गम, गोत्र, वंश, कुल, कुटुम्ब, परिवार, नस्ल; पशुधन, ढोर-डंगर (~ *breeding*); हत्था, दस्ता, मूठ, मुठिया (किसी औजार या मशीनकी); स्कन्ध, कुन्दा, तना, प्रकाण्ड, डण्डी, वृक्षका ठूँठ; सुगन्धित फूलोंवाला पौधा; (pl. इति०) काठ, लकड़ीकी टिकठी या शिकंजा (जिसमें अपराधियोंको पाँव फँसाकर बैठाये रखा जाता था); चमड़ेकी चौड़ी कड़ी पट्टी; (pl.) स्थाणु, थूनी, बल्ली, बनते समय जहाजको ऊपर उठाये रखनेवाले शहतीर; भट्ठीमें पकायी हुई बहुत ही बढ़िया ईंट, बड़े आवाँमें पकायी हुई ईंट (*malm* ~); (वित्त) राष्ट्रऋण, सरकारी ऋण या उधार (*has money, £ 50,000, in the ~s*); निधि, अंशपूँजी, संचित राशि, कम्पनी या कारपोरेशनका मूलधन; (गुण०) संचित, तैयार पड़ा हुआ, जमा (~ *argument, poke*) २. v.t. & i. (बन्दूक आदिमें) कुन्दा लगाना, दस्ता लगाना; (इति०) काठमें पाँव फँसा देना; (दुकानमें) सम्भरण करना, सामान भरना; संचय करना, संचित करना, जमा करना, बटोरना, जोड़ना, आवश्यक सामग्री जुटाना (*a well-~ed larder, library*, etc.); (पशुशालामें) पशु तथा सामान आदि देना, भण्डार या गोदाममें सामग्री रखना (*we do not ~ the out sizes*); घास उगाना, भूमिमें फसल पैदा करना, चारेसे भर देना या छा देना; fat ~ खाद्य मांसके लिए वध करने योग्य पशु; ~-breeder पशुपालक, अवि-पाल, मवेशी पालनेवाला; ~broker स्कन्धमध्यग, कम्पनीके हिस्सोंका दलाल, शेयरदलाल, स्टॉकदलाल; ~broking स्कन्ध-क्रयविक्रय, स्टॉकदलाली; ~ company स्कन्ध-मण्डली, थियेटर आदि चलानेके लिए अर्द्धस्थायी प्रमण्डल या कम्पनी; ~dove तरुकपोतक, यूरोपीय जंगली कबूतर; ~ exchange, ~-market ⊙ स्कन्धविपणि, कम्पनीके हिस्सों (शेयरों) के क्रय-विक्रयका स्थान, ऋणपत्रकी सट्टेबाजीका स्थान, सर्राफा, स्टॉक एक्सचेंज; ~-farmer पशुपालक, मवेशी पालनेवाला; ~fish सूखी काड जातिकी मछली; ~-holder स्कंधभागी, स्कंधधारी, हिस्सेदार, शेयर-होल्डर; ~-in-trade किसी व्यवसायकी आवश्यक सामग्री, माल, सामान; पण्यस्कन्ध; (ला०) धन, पूँजी (*the politician's ~-in-trade of a dozen catchwords*); ~jobber स्टॉकका सट्टा खेलनेवाला, सर्राफ; स्कन्ध-वणिक, कम्पनीके हिस्सों (शेयरों) का क्रय-विक्रय करनेवाला व्यक्ति, स्टॉकदलाल; ~jobbing कम्पनीके पत्रोंका क्रय-विक्रय, स्टॉकका सट्टा; स्टॉकदलाली; ~list स्कन्धसूची, सर्राफेके भावोंकी फिहरिस्त, स्टॉकमूल्यसूची; ~man स्कन्धक; (आस्ट्रेलिया) पशुपाल, पशुधनपाल, पशुशालाका कर्मचारी, मवेशियोंकी देखभाल करनेवाला; ~-market स्कन्धविपणि, सर्राफा या सर्राफेका बाजार, स्टॉक एक्सचेंज; ~-pot हड्डियोंका शोरबा रखनेका बर्तन; ~rider (आस्ट्रेलिया) भेड़ोंके खुले बाड़ेका चरवाहा; ~-still निश्चल, स्थिर, शान्त, मूर्तिवत्, अटल; ~s and stones निर्जीव वस्तुएँ, बेजान चीजें: आलसी व्यक्ति; ~-taking स्कन्धमूल्यन, सामग्री-अन्वीक्षण,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

मालकी सामयिक परीक्षा या पड़ताल या हिसाब; ~yard पशुओंका बाड़ा; *buy, hold,* ~ हिस्सेका मालिक होना, स्टॉककी पूँजीपर ब्याज लेनेका अधिकार होना, स्टॉक खरीदना; *comes of a good* ~ उत्तम परिवारमें उत्पन्न हुआ है, अच्छे खानदानका है; *have in* ~ तैयार रखना, भण्डारमें भरना; *is on the S~ Exchange* लन्दनके स्टॉक एक्सचेंजका सदस्य; *on the ~s* (जहाज) निर्माणाधीन, निर्माण-स्थितिमें, बनता हुआ; *take* ~ स्कन्ध या स्टॉककी जाँच करना; *take ~ in* (ला०) किसी कार्य या वस्तुसे अपना सम्बन्ध जोड़ना; *take ~ of* (ला०; किसी वस्तुके चरित्र या गुण आदिका) अनुमान करनेके लिए जाँचना, परखना; विश्वास करना, इत्मीनान करना ⊙;

~ account, ~ bill, ~ book, ~ certificate, ~ control, ~ depot, ~-feeder, ~ head, ~ house, ~-keeper, ~ ledger, ~ limit, ~-map, ~-mapping details, ~ mixture, ~ note, ~-owner, ~ piles, ~-piling, ~ position, ~ proof, ~ rail, ~ rates, ~ receipt, ~ register, ~ return, ~ room, ~ supervisor, ~ valuation, ~ verification, ~ verifier, ~ warrant.

stockade १. n. बाड़ा, आड़, लकड़कोट, मोर्चा, सीधी खड़ी लकड़ियोंका बना हुआ घेरा; २. v.t. लकड़ियाँ गाड़कर आड़ बनाना, घेरा बनाना, मोर्चा खड़ा करना।

stocked a. सम्भृत, संचित।

Stockholm tar n. एक गोंददार तारकोल।

stockiness n. हृष्टपुष्टता, गठीलापन।

stockinet, -nette n. बनियान आदिके लिए प्रयुक्त लचीला कपड़ा, स्टाकीनेट।

stocking[1] n. पादत्र, पादावरण, लम्बा मोजा, बड़ी जुर्राब (~ *frame, machine*); elastic ~ मोजेकी भाँतिका शल्यचिकित्सकका यन्त्र; white ~ घोड़ेकी टाँगका निचला सफेद भाग; ~-feet जूते उतारकर ली गयी ऊँचाई फुटोंमें।

stocking[2] n. माल इकट्ठा करना।

stockinger n. मोजे बुननेवाला।

stockingless a. बिना मोजेके।

stockish a. मूढ़, मूर्ख, अशिष्ट, असभ्य, गँवार, उजड्ड, बुद्धू, बदतमीज।

stockishness n मूढ़ता, मूर्खता, गँवारपन।

stockist n. स्कन्धक, स्कन्धभागी, स्कन्धधारी, भांडारी, माल भरनेवाला व्यक्ति, स्टॉकिस्ट।

stockless a. स्कन्धहीन, स्कन्धरहित, बिना ठूँठका, बेकुन्दा, बिना मुठिया या दस्तेका।

stocky, stuggy aa. (बोल०) हृष्टपुष्ट, स्थूल, नाटा और सुगठित शरीरवाला; (वन० तथा जन्तुवि०) गठीला।

stodge १. n. (स्कूली ग्रा०) गरिष्ठ भोजन; भोज, भरपेट भोजन, दावत; भुक्खड़, पेटू, खानेवाला; २. v.t. & i. भकोसना, भुक्खड़की भाँति खाना।

stodginess n. अपच्यता, गरिष्ठता; परिपूर्णता, भरपूरपन; नीरसता, तथ्यपूर्णता।

stodgy a. अपाच्य, गरिष्ठ (भोजन); परिपूर्ण, भरपूर, भरा हुआ, फूला हुआ (थैला, बटुआ आदि); तथ्यपूर्ण, नीरस, अत्यधिक तथ्यों या सूचनाओंसे भरपूर (पुस्तक, शैली आदि)।

stoep n. बरामदा, ओसारा, बरण्डा।

stogy ⊙, **-gie** n. एक प्रकारका भारी जूता या बूट; लम्बा खराब ढगका सिगरेट।

stoic[1] n. निर्लिप्त, निःसंग, निस्पृह, जितेन्द्रिय, उदासीन, विषयविरागी, समबुद्धि, स्थितप्रज्ञ, आत्मसंयमी, उदासी, साधक या तपस्वी (~ *philosopher, doctrines*); ३०८ ई० पू० एथेंसमें जीनो (Zeno) द्वारा संस्थापित सम्प्रदायका दार्शनिक।

stoic[2], **stoical** a. जितेन्द्रिय, निःसंग, निस्पृह, विषयविरागी, समबुद्धि, उदासीन, उदासी; स्टोइक-सम्बन्धी।

stoichiology a. शरीरतन्तुशास्त्र, देहतत्त्वविज्ञान।

stoichiometry n. देहतत्त्वमिति, शरीरतन्तुमापन।

stoicism n. तितिक्षावाद, उदासीनतावाद, निस्पृहता, वैराग्य, इन्द्रियजय, आत्मसंयम, समत्व, सन्यासवृत्ति, सम बुद्धि, स्थितप्रज्ञा, उदासीनता; स्टोइकवाद।

stoke v.t. & i. (इंजिनकी) भट्ठीमें कोयला डालना, कोयला झोंकना; (भट्ठीको) ईंधन द्वारा उद्दीपित करना, प्रज्वलित करना, प्रचण्ड करना, भड़काना, ईंधन या कोयला आदि झोंककर जलाये रखना; (ला०; बोल०) भकोसना, भखना, जल्दी-जल्दी निगलना; ~hole, ~hold अंगारकक्ष, भट्ठीका कमरा (जिसमें स्टीमरका जलता रहता है)।

stoker n. आंगारिक, इन्धनदाता, भट्ठीमें कोयला झोंकनेवाला।

stole[1] n. उत्तरीय वस्त्र विशेष, ईसाई धार्मिकोंकी पोशाक, गर्दनके पिछले भागसे कन्धेपर और नीचे घुटनोंतक लटकती हुई रेशम या किसी दूसरे कपड़ेकी पट्टी; (रोम०, पुरा०) प्राचीन रोमन महिलाका ऊपर ओढ़नेका चोगा, लबादा।

stole[2] STEAL का भूतकालिक रूप।

stole[3] n. = STOLON.

stolen STEAL का भू० कृ०।

stolid a. निर्बोध, दुराग्रही, हठी, निष्ठुर, कठोर, निरावेग, नीरस, निर्जीव, स्फूर्तिहीन, उत्साहहीन, अरसिक, अभावुक, हृदयहीन, निष्क्रिय, अचेत, जड़, आलसी, सुस्त, ठस, जिद्दी, भोंदू, अल्हड़।

stolidity n. निर्बोधता, निष्ठुरता, कठोरता, हठीपन, नीरसता, निर्जीवता, अरसिकता, हृदयहीनता, निष्क्रियता, मट्ठरपन, भोंदूपन, अल्हड़पन।

stolidness n. = STOLIDITY.

stolon, stole n. भूमिके नीचे उगनेवाली सेवारकी पत्तियोंसहित बेल; विरोह, विरोहक, पेड़की बड़ी झुकी हुई शाखा; (जन्तुवि०) जड़की भाँति फैली हुई वस्तु।

stolonate, stoloniferous aa. विरोहयुक्त, विरोह-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

सम्बन्धी, शाखावाला ।

stoma n. पर्णमुख; श्वास-रन्ध्र, वदन, मुख, मुँह ।

stomach* १. n. पाकस्थली, जठर*, आमाशय, मेदा*; (शिथिलतः) उदर, पेट; (कुछ पशुओंमें) अनेक आमाशयोंमेंसे एक; क्षुधा, भूख; प्रवृत्ति, उत्साह, तत्परता, रुचि, चाह, शौक, हिम्मत, दम (*had no ~ for the fight*); दर्प. औद्धत्य; २. v.t. खानेमें स्वादिष्ट लगना, अच्छा लगना, स्वादसे खाना, गले उतारना; (ला०) (अपमान आदिका) सहन करना, बरदाश्त करना (*can not ~ it*); coat of the ~ आमाशयका आमयुक्त अन्तरावरक, मेदेकी भीतरी झिल्ली; high ~ दर्प, औद्धत्य, घमण्ड, गरूर; pit of the ~ आमाशय खात; proud ~ दर्प, अभिमान, घमण्ड, अकड़; ~-ache उदरशूल, पेटका दर्द; ~-pump आमाशयकी पिचकारी, स्टमक पम्प; *what a ~ he has got!* उसकी कितनी बड़ी तोंद है;

~ cancer, ~-formed, ~ poison, ~ preparation, ~-shaped, ~-sick, ~ tooth, ~-weary, ~ ulcer, ~-worn.

stomachal a. आमाशय-सम्बन्धी, मेदेका ।

stomacher n. स्तनावरण, १५वीं से १७वीं सदीमें स्त्रियोंकी चोली, अँगिया ।

stomachful n. पेटभर ।

stomachic १. n. पाचक या क्षुधावर्धक ओषधि; २. a. जाठर, आमाशय-सम्बन्धी; क्षुधावर्धक, अग्निवर्धक, पाचन-शक्तिवर्धक, पाचक, भूख बढ़ानेवाला ।

stomachless a. आमाशयहीन; क्षुधाहीन, बिना भूखके; स्वादहीन; स्फूर्तिहीन, उत्साहहीन ।

stomatitis n. मुखपाक, वदनशोथ ।

stomatology n. मुखविज्ञान ।

stomium n. मुख, वदन, मुँह ।

stone* १. n. अश्म, शिला, प्रस्तर, पाषाण, कंकड, पत्थर*, बटइया, गिट्टी. ढेला, पत्थरका टुकड़ा (*built of great ~s*); (प्रायः *precious ~*) रत्न, बहुमूल्य पत्थर, मणि, जवाहर आदि (*no ~ in it worth less than £ 100*); भवन-निर्माण आदिकी सामग्रीके रूपमें प्रयुक्त शिला या पत्थर, सग (*built of ~*); कड़ेपनमें पत्थरके समान या आकारमें बटइयाके समान कोई वस्तु, अर्थात् पथरी; अष्टि, अष्ठीला, फलोंकी गुठली, अंगूरका बीज; अण्डकोषः करका, उपल, बनौरी, ओला, ओलेकी पथरी (*hailstorm with ~s as big as marbles*); चौदह पौण्डका भार, मछलीका ८ पौण्डका, पनीरका १६ पौण्डका तौल, स्टोन (*~ of meat* etc.); २. v.t. पत्थर जड़ना या बैठाना, पत्थर जमाना; पथरियाना, पत्थर मार-मारकर मार डालना (*~ to death*); (फल)की गुठलियाँ निकालना; ३. a. प्रस्तरनिर्मित, पत्थरका बना; ~ apple बिल्व; artificial ~ सीमेण्टी पत्थर, कंकरीट; ~-blind सम्पूर्ण अन्ध, निपट अन्धा, बिल्कुल अन्धा; ~-cast पत्थर फेंके जानेकी दूरी; ~-cold प्रस्तरवत् शीतल, बिल्कुल ठण्डा; ~crop शैलरुहा, चट्टान या दीवालपर उगनेवाला पौधा, पत्थरबेल; ~-dead पूर्णतः मृत, बिलकुल मुर्दा, बिलकुल ठण्डा; ~-deaf नितान्त बधिर, बिलकुल बहरा; ~-fly अश्मपतंग, प्रस्तर-कीट, पत्थरोंके नीचे पाया जानेवाला एक कीड़ा; ~-fruit अष्टिफल, गुठलीदार फल (बेर आदि); ~-horse (प्रा०) बीजाश्व, साँड़ घोड़ा (अर्थात् जो बधिया न किया जाय); ~man समाधिके आकारमें पत्थरोंका ढेर; ~-mason राजमिस्त्री, प्रस्तर-गृह-निर्माता, पत्थरोंके भवन बनानेवाला; ~-oil मट्टीका तेल; ~-pine अष्टिसरल, दक्षिणी अफ्रीकाका देवदार-विशेष; ~wall v.t. & i. पार्लियामेण्टकी कार्यवाहियोंमें बाधा डालना, रुकावट डालना; क्रिकेटमें रुकावटी बल्लेबाजी करना (जिसमें हिट जरा भी न लगानी पड़े); ~ware प्रस्तर-पात्र, पत्थरचीनीके बर्तन; ~ weed पुरुसन्धि; ~wort मूलाश्म, पत्थरचट्टा पौधा; *break ~s* सड़क कूटनेका काम करना, पत्थर तोड़कर पेट भरना अर्थात् बहुत ही निर्धन हो जाना; *cast, throw, ~s* or *a ~ at*(शा०) ढेले बरसाना, पत्थर मारना; (ला०) दोषारोपण करना, अपराध लगाना, चरित्रपर लांछन लगाना, इल्जाम लगाना; *give a ~ and a beating to* (मूल० घुड़दौड़का ग्रा०) आसानीसे मार ले जाना, पछाड़ देना, आगे बढ़ जाना या निकल जाना; *give a ~ for bread* सहायताके बहाने हँसी उड़ाना, भिक्षामें पत्थर देना; *harden into ~* पथराना, पत्थर बनाना या बनना; पाषाणहृदय बनाना या बनना; *leave no ~ unturned* प्रत्येक सम्भव साधनकी परीक्षा कर लेना, कोई कोशिश उठा न रखना, अपने सब उपाय कर देखना; *mark with a white ~* आमोद-प्रमोदका दिन स्थिर करना या समझना; *those who live in glasshouses should not throw ~s* छाज तो बोले छलनी क्या बोले जिसमें हजार छेद;

~-arched, ~ bird, ~ boat, ~ bramble, ~-breaking, ~-bruise, ~ canal, ~ cell, ~ chat, ~-covered, ~-cutter, ~-eyed, ~-falcon, ~ fish, ~ gall, ~ ginger beer bottle, ~ green, ~ grey, ~ grinding mill, ~ head, ~-hearted, ~ idol, ~-implements, ~ inscription, ~-liver, ~-marten, ~-pitching, ~-plover, ~ pumice, ~ quarry, ~-roller, ~ root, ~ shot, ~ware, ~ware acid funnel, ~ware acid jug, ~ware bottle, ~ware funnel, ~ware jar, ~-ware pipe, ~ waste, ~work, ~ yard.

stoned a. प्रस्तरयुक्त, पत्थरका; गुठलीदार ।

stoneless a. प्रस्तरहीन, बिना पत्थरका; बिना गुठलीका ।

stoner n. प्रस्तर-क्षेप्ता, पत्थर फेंकनेवाला ।

stoniness n. प्रस्तरपूर्णता, पथरीलापन; प्रस्तर-बहुलता, प्रस्तरमयता, पाषाणाच्छन्नता, पथरीलापन; निर्दयता, स्थिरता, कठोरता, कड़ापन ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

stony १. a. प्रस्तरावृत, प्रस्तरमय, प्रस्तराकीर्ण, प्रस्तरबहुल, उपलसंकुल, प्रस्तर या पाषाण निर्मित, पाषाणयुक्त, आश्मिक, पाषाणाच्छन्न, पत्थरोंभरा, पत्थरका, पथरीला, पत्थरोंसे ढँका हुआ; स्थिर, अचल, अडिग, प्रस्तरवत्, कड़ा, पथराया हुआ, पत्थरकी भाँति; निष्ठुर, कठोर, निर्दय, हठी; कदूर; अष्टिल, गुठलीदार; २. adv. पूर्णरूपेण, पूरी तरह, बिल्कुल; ~-hearted a. निष्ठुर, निर्मम, वज्रहृदय, कठोरहृदय।

stooge १. n. विमानशिक्षार्थी, उड़ना सीखनेवाला व्यक्ति; प्रतिनिधि; उपहास्य वस्तु या व्यक्ति, हँसीका पात्र ⊙; २. v.t. इधर-उधर या चारों ओर घूमना।

stook[1] n. गट्ठर, बोझ।

stook[2] v.t. गट्ठर बाँधना, बोझ बाँधना।

stool १. n. काष्ठासन, पीठ, तिपाई, नीची बेंच, चौकी, पीढा, मोंढा, मचिया, स्टूल; (स्था०) खिड़कीके नीचेकी चौखट; खुड्डी, मलत्याग करनेका स्थान; उच्चार, विष्ठा, मल, पाखाना, टट्टी, (*go to* ~); पौधेकी जड़ या ठूँठ (जिससे कल्ले फूटते है); अड्डा, लकडीका टुकड़ा (जिसपर एक चिड़िया इसलिए टाँग देते हैं ताकि दूसरी चिड़ियाँ आकर फँस जायँ); २. v.t. (प्रा०) मलत्याग करना, टट्टी जाना, पाखाना करना या होना; जड़से ही टहनियाँ या कल्ले निकालना; ~ ball क्रिकेटकी तरहका एक पुराना खेल; ~ examination मलपरीक्षा; ~ of repentance पश्चात्तापका स्थान; *fall between two ~s* साँप-छछूँदरकी गति होना, दुविधामें पड़ना।

stoop[1] १. n. नति, नमन, झुकाव, कन्धोंको या शरीरको झुकाकर चलनेका स्वभाव; (प्रा०) बाजका झपट्टा, झपट, झपेट; २. v.t. & i. अपना सिर और कन्धे झुकाकर चलना; अवनत होना, नमन करना, मस्तक झुकाना, झुकना, सिर नवाना; (ला०) अपनेको नीचा या क्षुद्र बनाना, किसी कामके लिए गौरवको छोड़ना, अपनी मर्यादासे नीचेका काम करना, किसी ओछे कामपर उतर आना; (पीपेको) आगेकी ओर झुका देना या टेढ़ा करना; (बाज आदिका, परि०; प्रा०, का०) झपटना, झपट्टा मारना, टूट पड़ना, गिरना; front ~⊙ अगली सीढ़ियाँ; ~ *to conquer* अपनेको हीन बनाकर दूसरेपर विजय प्राप्त करना, दबकर या झुककर काम निकाल लेना।

stoop[2] n. घरके सामनेका खुला चबूतरा।

stoop[3] n. जलपात्र, गगाझारी, लोटा।

stooping १. n. नति, नमन, अवनमन, झुकाव; २. a. नत, प्रवण, नतांग झुकनेवाला।

stoor[1] n. आक्रमण, युद्ध, लड़ाई; जनसम्मर्द, भीड़-भड़क्का, कोलाहल, खलभल, हलचल; धूलि, धूल।

stoor[2] v.t. & i. उत्तेजित करना, उत्साहित करना; पात्रान्तरित करना, उँडेलना; बादल बनना, बादल बनकर उड़ जाना।

stoor[3] a. (प्रा०) = STOUR[2].

stop[1] n. रोधन, अवरोध, स्तम्भ, विष्टम्भ, रोध, प्रतिबन्ध, नियन्त्रण, विराम, बन्धन, बाधा, स्थिति, ठहराव, रोक, अटकाव, रुकावट, अड़ाव, बन्दिश (*put a ~ to*); विराम-चिह्न; विच्छेद, निवृति, विश्रान्ति; यति; (संगी०) वाद्ययन्त्रमें तारको दबानेके कारण स्वरारोहमें परिवर्तन, (अरगन बाजेमें) पिधान, संछद, एक ही प्रकारके नलोंके परदे (जो कि बाजेकी छोटी खूँटीमे चलाये जाते हैं); (ला०) (विशेष प्रभाव डालनेके लिए प्रयुक्त) एक विशेष प्रकारकी भाषण-पद्धति, बोलनेका खास ढंग, वाग्भगिमा, लहजा (*can put on* or *pull out the pathetic, blustering, virtuous*, etc. ~ *at will*); खूँटा, खूँटी, आड़; (प्रकाश०, फोटो०) व्यवधि, डायफ्राम; (ध्वनि०) स्पर्श; (नौवि०) मस्तूलके निचले सिरेका आगे निकला हुआ भाग; बाँधनेके काम आनेवाली रस्सी या डोरी; full ~ पूर्ण विराम, ~cock शिखिपिधा, वृत्त रोधनी; पानीकी टोंटी; ~gap स्थानापन्न, अस्थायी प्रबन्ध, सामयिक उपाय; ~gap relief कामचलाऊ सहायता; ~-press (छपाई आरम्भ हो जानेके पश्चात् पत्रमें सम्मिलित किये गये) देरके समाचार, छपते-छपते; ~-watch विराम घड़ी (जिसे स्वेच्छापूर्वक बन्द कर सकते और चला सकते हैं); ~ advice, ~block, ~board, ~ booking, ~ clock, ~-collar, ~ cylinder, ~ hound, ~ indicator, ~-key, ~-knob, ~ light, ~-loss, ~-order, ~ signal, ~-valve, ~-volley, ~ work.

stop[2]* v.t. & i. प्रतिरोध करना, (गति आदि) अवरुद्ध करना, पूरी तरहसे गति या प्रगति या क्रियाको अटकाना, बाधा देना, मना करना, रोकना*(~ *progress* etc.); स्थगित करना, हटा देना, काट देना, उड़ा देना, बन्द करना, मना करना, मनाही करना (*shall ~ your wages*); रुद्ध करना, मार्ग अवरुद्ध करना, अभेद्य बनाना, बन्द करना, भर देना, मना करना, डाट लगाना, रास्ता रोकना; श्वासावरोध करना, दम घोंटना, गला घोटना; घावका स्राव रोकना, खून बन्द करना; बेलाके तारको उँगलीसे दबाकर इच्छित सुर निकालना, बेला बजाना; विरमण करना, समाप्त होना, अन्त होना, बन्द होना, ठहरना*, रुकना*, थमना, खत्म करना (*he ~ped in the middle of a sentence*; *my watch has ~ped*); गतिरोध उत्पन्न करना, चलनेसे रोकना, (अपने कामको) रोक देना, छोड़ देना, बन्द करना; रुद्ध होना, अड़ जाना, अटकना, (बोल०) प्रवास करना, अस्थायी रूपमें ठहरना, रहना, टिकना, होना (*shall ~ in bed, at home*); (व्या०) विराम-चिह्न लगाना (*a badly spelt and ~ped letter*); (नौवि०) (बड़े रस्सेको) कसकर बाँधना, जकड़ना; ~ *a gap* अस्थायी रूपसे काम आना या काम चलाना; ~ *a tooth* दाँतमें (सोने आदिकी) भराई करना; ~ *a wound* घावमें रेशम आदि भरकर रक्त बहाना बन्द करना, ~ *by* ⊙ = LOOK (IN); ~ *dead* or *short* एकाएक रुक जाना, एकदमसे रुक जाना; ~ one's *ears*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

कानोंमें उँगलियाँ दे लेना, कान बन्द करना; अनसुनी करना, एक न सुनना; ~ one's *mouth* (ला०) मुँह बन्द करना, घूस आदि देकर चुप कर देना, जबान बन्द करना; ~ *one* (ग्रा०) मारा जाना, गोलीसे उड़ाया जाना; ~ one's *breath* साँस रोक देना, गला घोंटना, दम घोंटकर मार डालना; ~ *payment* ऋण आदि भुगतान करनेमें अपनी असमर्थताकी घोषणा करना, दिवाला निकाल देना; ~ *payment of a cheque* बैंकवालोंको किसी चेकके बदलेमें रुपया न देनेका आदेश देना; ~ *the way* रुकावट डालना, प्रगतिमें बाधक होना; ~ *thief !* चोरको रोको ! ~ *up* शयन न करना, बिस्तरपर न जाना, जागते रहना ।

stope n. निखनन, खात, खड्ड ।

stopless a. अवरोधरहित, प्रतिबन्धमुक्त, विरामशून्य; विरामचिह्नरहित; स्वरारोह-परिवर्तनसे मुक्त; बिना खूँटीके; स्पर्शरहित ।

stoppage n. स्तम्भ, विरति, विराम, रोध, अवरोध, समाप्ति, बन्द, रोक, अटक, रोकने या बन्द करनेका कार्य; निषेध, अस्वीकृति; प्रतिबन्ध, बाधा; रुद्ध अवस्था, रुकाव, ठहराव, थमाव ।

stopped a. परिस्तब्ध, रुद्ध, रुका हुआ ।

stopper १. n. रोधक, अवरोधक, बाधा डालनेवाला, रोकनेवाला, बन्द करनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); पिधा, पिधान; रोध, बोतलकी डाट, ढाट, ठेपी; (नौवि०) रस्सा, आँकड़ा, दुहरा पंजा आदि जकड़नेका सामान; २. v.t. डाट लगाना; जहाजको रस्से या बन्दसे जकड़ना; *put a ~ on* किसी वस्तुपर रोक लगा देना ।

stopping n. रोधन, स्तम्भन, रोक; (सोना, पारा, सीमेण्ट आदिकी) दाँतमें भराई ।

stopple १. n. बोतल या किसी दूसरे बर्तनका डाट या ठेपी; २. v.t. डाट लगाना ।

storable a. संचेय, संग्रहणीय, संरक्षणीय, संचित करने या जमा करने योग्य, भण्डारमें भरनेका ।

storage n. भण्डार, संग्रह-स्थान, संचय-स्थान, गोदाम; संग्रह, संग्रहण, अर्जन, संचयन, सामग्री-संचय, संग्रह करनेकी रीति, माल भरनेका तरीका; संग्रहागार-भाटक, मालभराईका कर या महसूल, गोदाम-भाड़ा; cold ~ शीत-संग्रहण, हिमीकारक (रिफ्रिजरेटर) में खाद्यान्नोंका संग्रह; ~ capacity संग्रह-धारिता;

~ accommodation, ~ agents, ~ battery, ~ cell, ~ charge, ~ dam, ~ depot, ~ effect, ~ facilities, ~ godown, ~ jar, ~ leaf, ~ life, ~ losses, ~ organ, ~ product, ~ reservoir, ~ roots, ~ tank, ~ vat, ~ wastage.

storax n. शिलारस, शिलाजीत, सिल्ह ।

store* १. n. संग्रहागार, भण्डार*, गोदाम; साधारण दुकान ⊙ (*book-~*); भण्डार, कोठी, विक्रयागार, सामग्री बेचनेवाली बड़ी दुकान, स्टोर; संगृहीत वस्तुएँ, सामग्री, सम्भार, वस्तुओंका सम्भरण या अभावपूरण, विशेष प्रकारकी सचित वस्तुएँ, (*naval ~s*); राशि, निधि, ढेर; विपुलता, प्रचुरता, बाहुल्य, अधिकता, भरापुरापन, संचित सामग्री, किसी वस्तुका संचय, सग्रह, भण्डार, बहुतायत, जखीरा (*has ~*); (गुण०) भविष्यमें प्रयोग करनेके लिए सुरक्षित, संचित, रक्षित, रखनेका; २. v.t. संचय करना, संग्रह करना, आपूर्ण करना, भरना, भरपूर करना, (प्रायः ज्ञानसे या इसी प्रकारकी वस्तुसे) (~ *your mind with facts*); भविष्यमें प्रयोग करनेके लिए सचित करना, ढेर लगाना, जमा करना (~ *up saying in* one's *heart*); (गोदाममें) लकड़ीका सामान रखना या भरना, सम्हाल रखना; (किसी पात्रका) समाई रखना, अमाना, गुंजाइश रखना; ~ cattle रक्षणीय या रखनेके पशु (जिनको अभी वध करनेके लिए तैयार नहीं किया जा रहा है); ~ clothes ⊙ तैयार कपड़े, बने-बनाये कपड़े; ~house संग्रहागार, आगार, संग्रहालय, कोष, कोष्ठ, भण्डार, कोठी, कोठार, गोदाम; ~keeper भण्डारी, भण्डार-पाल, ⊙ कोठारी; ~-room संग्रहागार, संग्रह-कोष्ठ, भाण्डार-गृह, भण्डारघर, घरमें सामानका कोठा; ~yard संग्रहांगण; *in ~* सुरक्षित, तैयार रखा हुआ; भाग्यमें लिखा हुआ, होनेवाला, अभी आनेवाला, किस्मतमें; *set ~ by* बहुमूल्य या महत्त्वपूर्ण गिनना, महत्त्व या मूल्य प्रदान करना, ऊँचा या कीमती मानना (*set no great ~ by*);

~ assistant, ~-branch, ~-clerk, ~ issued, ~-keeping branch, ~ ledger, ~man, ~master, ~ peon, ~ price, ~ register, ~s account, ~-shed, ~s officer, ~s sheet, ~ stock book.

stored a. संचित, संगृहीत (~ *food*) ।

storer n. संचेता, संगृहाता, संरक्षक, भण्डारी ।

storey, story ⊙ (pl. *-eys*) n. खण्ड, भूमि, स्तर, तल, तल्ला, मंजिल (*a house of five ~s*); ~-post ऊपरकी छत या दीवालकी कड़ीको सम्हालनेवाला सीधा खम्भा; upper ~ or ~s (ला०) मस्तिष्क, भेजा, दिमाग, मग्ज ।

storeyed, storied a. खण्डवाला, तल्ला, मंजिला, मजिलवाला ।

storiated a. चित्रित, सचित्र, सजावटी (~ *title page*) ।

storied a. इतिहासप्रसिद्ध, कथाप्रसिद्ध, इतिहास या पुरानी कथाओं या कहानियोंसे सम्बन्धित; इतिहास या प्राचीन कथाओंके प्रतीकचित्रोंसे सजा हुआ ।

storiette n. लघु कथा, अत्यन्त छोटी कहानी ।

storing n. संचयन, सग्रहण (~ *of seeds*) ।

storiologist n. लोककथाविद्, लोककथाशास्त्री ।

storiology n. लोककथा-विद्या, लोककथा-शास्त्र ।

stork n. क्रौंच, महाबक, धनेश, सारस पक्षी, लकलक ।

storm १. n. वात्या, प्रभंजन, झंझावात, प्रचंड वायु, बवण्डर, झंझा, तूफान, अन्धड़, झक्कड़, तेज आँधी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(*cyclonic* ~); पूर, बाढ़; संक्षोभ, विप्लव, उपद्रव, युद्ध, आन्दोलन, आक्रमण, कलह, धावा, झगड़ा, हलचल, लड़ाई, गड़बड़, बलवा, फसाद, हंगामा; कोप-गर्जना, दहाड़; तीर, गोली, पत्थर आदिकी बौछार, वर्षा, वाहवाहीकी बौछार; सी-सीकी आवाज; दुर्गादिपर सीधा आक्रमण या धावा या चढ़ाई; लंघन, आक्रमणके द्वारा विजय-अधिकार, कब्जा; २. v.t. & i. (आँधी, वर्षा आदिका) प्रचण्ड या उग्र रूप धारण करना, तेज होना, जोरसे चलना या बरसना; उग्रतापूर्वक बातचीत करना, तूफान उठाना, क्रुद्ध होना, बिगड़ना, बकना-झकना, नाराज या गुस्सा होना; आँधीकी भाँति गरजना, डाँटना, घुड़कना, बिगडना, फटकारना, लताड़ना, ताव दिखाना; दुर्गादिको एकाएक धावा बोलकर हथिया लेना, कब्जा कर लेना; ~-beaten वात्याहत, प्रभंजनग्रस्त, तूफानका मारा; (ला०) संकटापन्न, संकटग्रस्त, पराजित, हारा हुआ; ~-belt प्रचण्ड वायुवाले भूप्रदेश, तूफानी भूखण्ड; ~bound तूफानके कारण बन्दरगाहपर बँधा हुआ या रुका हुआ जहाज; ~-centre झंझाकेन्द्र, वात्याकेन्द्र, चण्डवातकेन्द्र, तूफानकेन्द्र (जहाँपर आँधी सबसे अधिक वेगसे चक्र बनाती हुई ऊपरको उठती है); (ला०) उपद्रव या आन्दोलनका केन्द्रबिन्दु, मूल समस्या, झगड़ेकी जड़; ~-cloud झंझामेघ, वात्यामेघ, तूफानी बादल, बड़े जोरसे बरसनेवाला बादल; विप्लवकी पूर्वस्थिति, उपद्रवके लक्षण, उत्पात या गड़बड़के चिह्न; ~-cone वात्याशंकु, तूफानका निशान (जो चेतावनीके लिए खड़ा किया जाता है); ~-drum वात्याशंकुके पास ही रखा, भावी भयंकर प्रभंजनका सूचक वेलन; ~-proof झंझासह, झंझारोधी; ~-tossed (शा० एवं ला०) वात्याग्रस्त, वात्यान्दोलित, तूफानमें घिरा हुआ; विप्लवग्रस्त, उपद्रवग्रस्त, संकटापन्न, आन्दोलित, मुसीबतमें फँसा हुआ; ~ *in teacup* प्यालेमें तूफान, छोटी-सी बातपर बड़ा होहल्ला; *take by* ~ एकाएक आक्रमण करके अधिकार कर लेना, एक दम कब्जा कर लेना; (ला०) श्रोतागण या किसी व्यक्तिको शीघ्र ही अभिभूत कर लेना, जीत लेना;

~-armed, ~ axis, ~ beach, ~-bird, ~card, ~ current, ~-door, ~-glass, ~ grey, ~-laden, ~-lane, ~-signal, ~-swept, ~tight, ~ warnings, ~ wave, ~ wind, ~-worn, ~-zone.

stormer n. क्रोध करनेवाला, जोर-जोरसे बिगड़कर बात करनेवाला; आक्रमक, आक्रमण करके जीत लेनेवाला, धावा बोलनेवाला।

stormful a. वात्यामय, प्रभंजनमय, झंझावातयुक्त, प्रचण्डवायुमय, बवण्डरवाला, तूफानवाला, आँधीसे भरा।

stormfulness n. वात्यामयता, प्रभंजनमयता, झंझावातयुक्तता, प्रचण्डवायुमयता, बवण्डरयुक्तता, तूफान, अन्धड़, झक्कड़, आँधी।

storminess n. वात्याकुलता, तूफानीपन; तीव्रता, प्रचण्डता, प्रबलता, उग्रता, तेजी।

stormless a. वात्याविहीन, चण्डवातशून्य, झंझारहित, बवण्डरसे खाली, बेतूफान।

stormproof a. वात्यारोध, तूफान-रोक, अन्धड़ या तूफानसे बचानेवाला।

stormy a. वात्याकुल, वात्याबहुल, चंडवातग्रस्त, झंझाकुल, पवनक्षुब्ध, बवण्डर या तूफानवाला (~ *weather*); वात्यासूचक, बवण्डर या तूफानका, तूफानी, अन्धड़ लानेवाला; चण्ड, प्रचण्ड, क्षोभकारी, क्रोधपूर्ण, क्रोधी, प्रबल, उग्र, तीव्र, तेज, तूफानी (~ *passions, wind*); (ला०) संकटापन्न, संक्षुब्ध, उपद्रवग्रस्त, विपदाकुल, उत्पातपूर्ण, आवेशपूर्ण (*a* ~ *coast, debate*);

stort(h)ing n. स्टॉर्थिंग (नार्वेकी संसद्)।

story* १. n. किसी घटनाका वृत्तान्त, आख्यान, विवरण, वर्णन, कहानी*, बयान, बात, हाल (*they all tell the same* ~); इतिवृत्त, अतीत कथा, व्यक्ति या संस्थाके जीवनकी वार्ता (*his* ~ *is an eventful one*); इतिहास, तारीख (प्रा०; *versed in classic* ~); उपाख्यान, आख्यायिका, गल्प, कथा, पौराणिक या कल्पित कथा, उपन्यास, मध्ययुगीन प्रेमकथा, कहानी, किस्सा, दास्तान, अफसाना (*tell me a* ~); प्रसग, प्रकरण; कथानक (*the* ~ *is the least part of the novel*); (शिशुभाषा) मिथ्या, झूठा बनावटी, लबारी (*oh you* ~ *!*); दे० STOREY;

~-teller कथक, कथावाचक, कथाकार, कहानीकार, कहानीलेखक, वार्ताकार, कहानी सुनानेवाला, समाजकी घटनाओंका विस्तारसे वर्णन करनेवाला; (शिशुगृहमें) मिथ्याभाषी, गप्पी, झूठा; *according to his own* ~ उसके अपने कथनके अनुसार; *it is quite another* ~ *now* अब तो बिलकुल दूसरी ही कहानी है, अब बात बदल गयी है, अब किस्सा ही कुछ और है; *the* ~ *goes* यह कहा जाता है; *to make a long* ~ *short* संक्षेपमें यह है कि, विस्तारकी बातोंको कम करते हुए;

~book, ~ maker, ~ monger, ~ work, ~-writer.

stoup n. (प्रा०) मदिरापात्र, गंगाझारी, टोंटीदार गिलास या कटोरा, पानी पीनेका बर्तन, प्याला; पवित्र जलका पात्र।

stour[1] n. (स्कॉट०) = STOOR.

stour[2] a. अनम्य, न झुकनेवाला; अदम्य, दुर्दमनीय, स्थिर, दृढ़, कठोर, विषम, अडिग, हठी, दुराग्रही, हठीला, अड़ियल, जिद्दी, कट्टर, पक्का; बड़ा, मोटा।

stout १. n. प्रयविरा, यवसुरा, एक प्रकारकी सबसे अधिक तेज और कड़वी शराब; २. a. स्थूल, स्थूलकाय, मांसल, मोटा, दोहरी देहका; प्रबल, पुष्ट, हृष्टपुष्ट, गठीला, निर्भीक, दृढ़निश्चयी; दृढ़, अदम्य, सबल, दृढ़प्रतिज्ञ, बलिष्ठ, बलवान्, शूर, धीर, प्रबल, साहसी, बली, बहादुर, पक्का, हट्टाकट्टा, तगड़ा, ताकतवर, मजबूत, जोरदार, दिलेर, कट्टर, धुनका पक्का, कड़ा (*made a* ~ *resistance*); ~ fellow (प्रा०) रणनिपुण, युद्धवीर, अच्छा योद्धा, तलवारका धनी; ~ heart साहस, हिम्मत;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~-armed, ~-bodied, ~-hearted, ~-heartedly, ~-limbed, ~-minded, ~ opponent, ~-ribbed, ~ ship, ~ sided, ~-soled.

stoutish a. आपुष्ट, मोटा-सा; वीर-सा, बलवान्-सा, बहादुर-सा, तगड़ा-सा।

stoutness n. स्थूलता, मांसलता, मुटापा, मोटाई; बलिष्ठता, बलवत्ता, दृढ़ता, साहसीपन, शूरता, प्रबलता, वीरता, बहादुरी, कट्टरता, गठीलापन, हट्टाकट्टापन, तगड़ापन, जोर, मजबूती; हठ, जिद्।

stove १. n. चुल्ही, परितापनी, अँगीठी, भट्ठी, सिगड़ी, विलायती चूल्हा, स्टोव; (बागवानीमें) उष्ण गृह, गर्म घर (जिसमें कृत्रिम उष्णता उत्पन्न की जाती है); २. v.t. (पौधोंको) उष्ण गृहमें रोपित करना, उगाना या गाड़ना; ~-pipe hat ⊙ लम्बा रेशमी हैट;

~ black, ~ brush, ~-heated, ~ house, ~ maker, ~ pipe, ~ wood.

stover n. (पशुओंका) चारा, चरी, करबी, कोयर।

stow v.t. (किसी सन्दूक आदिमें) चीजें ठीक प्रकारसे जमाकर भरना, ठूँस-ठूँसकर भरना, खचाखच भरना, लादना; (सामानको) क्रम या व्यवस्थाके अनुसार रखना, लगा देना; बचतके लिए (सामानको) ठीक स्थानोंपर भरना, भली प्रकार जमाना; (ग्रा०, प्रायः imperat. में) छोड़ो, बन्द करो, बचो, दूर रहो (~ *larks, that nonsense*, etc.); ~away बिना किराया दिये छिपकर जहाजपर यात्रा करनेवाला व्यक्ति; ~ away बचाकर रख देना; छिपकर जहाजमें यात्रा करना।

stowage n. नौभरण, नौभरण-स्थान, भरे जानेको रिक्त स्थान; ढगसे रखा हुआ सामान; ठूँस ठूँसके भरनेका कार्य; नौभरण-शुल्क, भरने और ठीक प्रकारसे जमानेका पारिश्रमिक, भराई।

stower n. आरोपयिता, जमाकर लगानेवाला, रखनेवाला; ठूस-ठूँसकर भरनेवाला, खचाखच भरनेवाला।

strabismal a. भेंगा, भेंगेपनका।

strabismic a. टेरा, भेंगा; ऐंचा, भेंगापन-सम्बन्धी।

strabismus n. टेरता, भेंगापन, भेंड़ापन, ऐंचापन।

strabotomy n. टेरताशल्यन, शल्यक्रिया द्वारा ऐंचापनका इलाज।

strad n. दे० STRADIVARIUS.

straddle १. n. टाँगें फैलाकर बैठने या खड़े होनेकी अवस्था; (ला०) विकल्प, दुविधा, द्विचित्तता, अस्थिरता, डाँवाडोलपन; (स्टॉक-एक्सचेंज) संविदा, लेनदेनका ठेका; २. v.t. & i. टाँगें फैलाकर खड़े होना, टाँगें फैला लेना; दायें-बायें पैरोंको फैलाकर खड़े होना या बैठना (*can not ~ his horse*); टाँगोंको चौड़ाकर फैलाना; (नौवि०) (लक्ष्य, शत्रुके) आगे या पीछे गोली मारना; (लक्ष्यके) अगल-बगल गोले बरसना; (ला०) अस्थिरचित्त होना, दुविधामें पड़ना, विचारोंमें डाँवाडोल होना; ⊙ दोनों पक्षोंमें घूम-फिर जाना।

Stradivarius, Strad n. *Cremona* के शिल्पी *Stradivarius* द्वारा बनाया तन्त्रीवाद्य या बेला।

strafe १. n. भर्त्सना, डाँट-डपट, गाली-गलौज, पिटाई; छिपकर की गयी बमवर्षा, बमबारी, गोलाबारी; २. v.t. तीव्र भर्त्सना करना, डाँटना, गाली देना, बिगड़ना, पीटना, ठोंकना, मार मारना; गोला बरसाना, बमबारी करना, गोलाबारी करना, छिपकर गोलियाँ चलाकर या बम गिराकर तग करना, परेशान करना।

strafing n. कठिन दण्ड, कठोर सजा; दण्डन, दण्ड देना।

straggle v. i. विविस्तरण होना, इतस्ततः विचरण करना, तितर-बितर हो जाना, प्रधान समूहसे बिछुड़ जाना, इधर-उधर पड़ जाना, फैल-फूट जाना, एक साथ बँधे न रहना, भटक जाना, अलग पड़ जाना, साथ छूट जाना, फूटना, खुल जाना, बिखर जाना (*crowd ~d along*); पथभ्रष्ट होना, आवारा फिरना।

straggler n. भ्रष्टपथ, आवारा, किसी समुदायसे भटक जानेवाला, छूट जानेवाला, बिछुड़नेवाला, अलग हो जानेवाला।

straggling a. इत्वर, भ्रामी, पर्यटक, भ्रमणशील, घुमक्कड़; विकीर्ण, अपकीर्ण, फैला हुआ, बिखरा हुआ।

straggly a. इधर-उधर पड़ा हुआ, छूटा हुआ, फूटा हुआ, बिछुड़ा हुआ, भटका हुआ।

straight* १. n. समुचित स्थिति, सरलावस्था, उपयुक्त अवस्था; सिधाई, सीधा भाग (*they were even as they reached the ~*); पोकरके खेलमें पत्तोंका क्रम; २. a. अजिह्म, ऋजु, सरल, अवक्र, अकुटिल, सीधा*; निष्कपट, स्वच्छहृदय, साधु, सरल, सच्चा, ईमानदार, सादा, खरा, बेलाग (~ *dealings*); लक्ष्योन्मुख, ठिकानेका, निशानेका, ठीक ठिकाने (लक्ष्य, प्रहार, दृष्टि, मार्ग); मूलसे सीधा, आदिस्थानसे बिलकुल सीधमें; सुस्थित, समस्थित, व्यवस्थित, सुव्यवस्थित, ठीक, समतल, एक-सा, हमवार, दुरुस्त (*are the pictures ~!*); स्वच्छ, साफ; शुद्ध, विशुद्ध, अमिश्रित, असली, खालिस ⊙ (*a whisky ~*); ३. adv. (ग्रा०) तत्काल, तुरन्त, फौरन; उचित दिशामें, ठीक रास्तेपर, ठीकठिकाने, निशानेपर (*shoot ~*); सीधी रेखामें, सीधा, सीधे, सीधमें, बिना मुड़े हुए (*go ~*); ठीक प्रकारसे, सही तौरपर (*does not see ~*); ~-edge ऋजुदर्शक; ऋजुतट; बिलकुल सीधी छड़ या सरिया; ~ face सरल आकृति, सीधा-सादा चेहरा; ~ fight (राज०) दो प्रतियोगियोंमें प्रत्यक्ष द्वन्द, सीधा मुकाबला; ~forward ऋजु, स्पष्टवादी, निर्भीक, निष्कपट, सरल, मुक्तहृदय, सच्चा, ईमानदार, खरा, साफ; सीधा सादा, बिना किसी उलझनका (कार्य); ~forwardness आर्जव, सीधापन; ~ thinking स्पष्टचिन्तन, युक्तिसगत या तर्कसंगत विचार, सरल विचार-क्रम; ~ tip सरल संकेत, सादा इशारा; ~way (ग्रा०) अकस्मात्, एकाएक, अचानक ही; तुरन्त, झटपट; *is out of the ~* वक्र, कुटिल, टेढ़ा, बेईमान; *put things ~* व्यवस्थित करना, सुलझाना, ढंगसे रखना, ठीकसे जमाना; *~ away* (ग्रा०) तत्काल ही, तुरन्त ही, उसी वक्त, फौरन; *~ off* निस्संकोच

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

भावसे, बिना विचारे, बिना झिझकके; *the ~ ticket* ⊙ दलका अपरिवर्तित कार्यक्रम;

~ arch, ~ arm, ~ angle, ~ arsenic mirror tube, ~ chain, ~ current, ~-cut, ~ eye, ~-grained, ~ hair, ~ legs, ~ line, ~-line motion, ~ ride, ~ winged.

straighten v.t. & i. सरल करना, सीधा करना; सच्चा बनाना, लक्ष्योन्मुख करना, व्यवस्थित करना, ठीक करना।

straightener n. सरलकर्त्ता, ऋजुकर्त्ता, सीधा करनेवाला।

straightness n. ऋजुता, आर्जव, सारल्य, सरलता, सीधापन; लक्ष्योन्मुखता; सुव्यवस्था; निष्कपटता, सचाई, सिधाई, ईमानदारी।

strain[1] n. पित्र्यगुण; (भौ०, यन्त्र०) विकृति विक्रिया, विकार (*~-theory*); लचक, मोच; वितति, कर्षण, तनाव, खिंचाव, कसाव, दबाव, भार, बोझा, जोर (*the ~ on the rope was tremendous*); आयास, अतिश्रम, अतिप्रयत्न, अतिचेष्टा, जोर (*~ gauge*) कठोर श्रमके कारण उत्पन्न क्षति, श्रान्ति; (का० एवं भाषण०) राग, आलाप, सन्तत स्वर, गीत, गान, तान, सुर, लय, तराना, नगमा (*martial ~s*); लेखनशैली, प्रकार या रीति, ढब, ढंग, बातचीतकी प्रकृति, वार्तालापकी शैली, रुझान, झुकाव, बोलनेका रंग या लहजा (*he went on in another ~*); चरित्रकी नैतिक वृत्ति, प्रवृत्ति, रुझान (*there is a ~ of weakness in him*); मानववंश, कुल, घराना, खानदान (*comes of a good ~*); पशुओंकी जाति, नस्ल; *is epigrammatic without ~* बिना श्रान्ति या प्रयासके मात्र दिखावा करता है।

strain[2] v.t. & i. कसकर आलिंगन करना, छातीसे चिमटाना, सीनेसे लगाना; अर्थका अनर्थ करना, खींचतानकर अर्थ निकालना, खींचतान करना; खींचना, कसना, फैलाना, कसकर तानना; खिचना, फैलना; भिचना, दबना, बहुत अधिक दबाना, भींचना, कसके मसकना (*~ parchment across the aperture*); बलपूर्वक आकर्षण या प्रसारण करना, अत्यधिक प्रयत्न करना, बहुत जोर लगाना, पूरी-पूरी कोशिश करना, मरोड़ना, कसना, जकड़ना, जोरसे खींचना, बड़ी कठिनाईसे खिंच पाना, भारके नीचेसे मुश्किलसे निकलना (*porter ~ing under his load*); अत्यधिक काममें लाकर हानि पहुँचाना, बहुत अधिक भार लाद देना, हदसे ज्यादा जोर डालना या काम लेना, श्रान्त करना, थका देना (*take care not to ~ your eyes*); दबना, कसना, तनना, जोर पड़ना, मुरकना; (तरल पदार्थका) छनकर रिसना, टपकना; टपकाना, चुआना, निचोड़ना, पसाना; तरल पदार्थमेंसे ठोस तत्त्वोंको छानकर निकाल लेना; छनना; किसी गाढ़े पदार्थको छलनीमें छानना; *~ a point* अनुचित तर्क करना, किसी मामलेको बेकार तूल देना; *~ at* आवश्यकतासे अधिक सतर्क होना, बहुत ज्यादा सावधान रहना; *~ every nerve* एड़ी-चोटीका पसीना एक करना, बहुत अधिक परिश्रम करना; *~ one's law* कानूनको खींचकर बेजा काममें लाना।

strained a. वितत, आकृष्ट; छना हुआ; विकृत; *~ interpretation* कष्टसाध्य या कष्टकल्पित व्याख्या या क्लिष्ट अर्थ, व्याकरण आदिके किसी नियमको लगाकर खींचतानसे की हुई व्याख्या; *~ relations* मनोमालिन्य, पारस्परिक अविश्वास, तनातनी।

strainer n. चालनी, छलनी, छन्नी।

strait १. n. जलग्रीवा, जलडमरूमध्य (*the S~ of Dover*); (प्रायः pl.) संकट, आपत्ति, क्लेश, दुर्दशा, संबाधा, कठिन स्थिति, तंगी, दिक्कत, परेशानी; २. a. कठोर, क्लेशकर, कठिन, कड़ा; अप्रशस्त, संकीर्ण, परिवेष्टित, आबद्ध, सीमित, संकुचित, अनायत, तंग, सँकरा, घिरा हुआ, बँधा हुआ; धनलोभी; *~-laced* (ला०) अतिनैतिक, शुद्धतावादी, अतिसंयमी, कठोरनीतिपरायण, आचार-विचारमें कड़ा।

straiten v.t. संकीर्ण बनाना, सीमित करना, तंग करना, कसना, जकड़ना; संकुचित करना; कष्ट देना; कठोर बनाना, सख्त करना; अभावग्रस्त करना।

straitness n. (प्रा०) संकीर्णता, संकुचितता, तंगी, दिक्कत, कठोरता, कड़ापन, सख्ती।

strake n. (कच्ची धातुओंको धोनेका) भाण्ड, पात्र, तसला।

stramash n. कोलाहल, जनरव, आक्रन्दन, खलबली, हल्लागुल्ला, चिल्लाहट।

stramineous a. तृणवत्, तृण-सदृश, पयाल-जैसा; लघु, हल्का।

stramonium n. एक प्रकारका धतूरा; एक ओषधि।

strand[1] १. n. (भाषण०, का०) तीर, वेलातट, समुद्रतट, नदी या झीलका तट या किनारा; २. v.t. & i. संकटमें पड़ना या डालना; (जहाजका) भूमिपर चढ़ना या चढ़ाना।

strand[2] १. n. रस्सीका सूत्र, गुन, बल, तार, लड़, पट्टी; (ला०) विकटता, पेंच, उलझन; २. v.t. (किसी रस्सीकी) लड़ तोड़ना, बल खोलना।

stranded a. आपत्तिग्रस्त, संकटग्रस्त, अभावग्रस्त, असहाय, साधनहीन, आर्थिक तथा अन्य सुविधाओंसे वंचित, कठिनाइयोंमें, औरोंकी बराबरीमें पिछड़ा हुआ; उत्कूलित, धँसा हुआ (*~ timber*)।

strange* a. अरूप, विलक्षण, विस्मयोत्पादक, आश्चर्यजनक, अद्भुत, असाधारण, अपूर्व, विचित्र*, नवीन, नया, अजनबी, निराला, अजीब* (*how ~ that you should not have heard*); अज्ञात, अपरिचित, (*the handwriting is ~ to me*); परकीय, विदेशी, परदेशी, दूसरेका, दूसरे देशका, पराया, बेगाना (*cannot play on a ~ ground*); अनभ्यस्त, अनभिज्ञ, अपरिचित, अनभिखुआ, नया, अजनबी, अनाड़ी, अकुलाया हुआ, परेशान (*am ~ to the work*); अलौकिक, अनोखा, अनूठा; *am quite ~ here* मैं यहाँ

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

बिल्कुल अजनबी हूँ, मैं किसीसे भी परिचित नहीं हूँ; *feel* ~ अस्वाभाविक लगना, कुछ अजीब-सा लगना; *it feels* ~ कुछ अपूर्व-सा अनुभव होता है, विचित्र-सा लगता है;

~ acting, ~-built, ~-coloured, ~ country, ~-garbed, ~ gods, ~ lands, ~-mannered, ~ persistency, ~-wayed.

strangeness n. विलक्षणता, विचित्रता, विस्मयकारिता, अपूर्वता, निरालापन, नयापन, अनोखापन, परकीयता, परायापन, विदेशीपन, अजनबीपन, व्यग्रता, आकुलता; अनभ्यस्तता, अनभिज्ञता, नयापन, अजनबीपन, अनाड़ीपन; अनबन।

stranger n. अतिथि, अभ्यागत, आगन्तुक, परजन, अपरिचित, वैदेशिक, विदेशी व्यक्ति, परदेशी, अजनबी, पाहुना, अज्ञात या नया व्यक्ति; अनुभवहीन, पूर्णतः अनभिज्ञ, अनजान, अनाड़ी व्यक्ति (~ *to court-intrigues*); महोदय, महाशय; *am a* ~ *here* मैं यहाँ अपरिचित हूँ, अजनबी हूँ; *make a* ~ *of* दूर-दूर-सा रखना, पराये-जैसा बर्ताव करना; *the little* ~ नवजात शिशु; *you are quite a* ~ आप तो ईदके चाँद हो गये हैं।

strangle v.t. गला घोंटना, गला घोंटकर मार डालना, साँस रोककर मारना; टेंटुआ दबाना, (कॉलरका)तंग होना या गलेको कसना; (ला०) (मनोवेग, आन्दोलन आदिका) दमन करना, संयत करना, दबाना; ~hold गहरी पकड़ (प्रायः ला०, राज० या वाणिज्यमें)।

strangler n. गला घोटनेवाला, गला घोंटकर मार डालनेवाला।

strangles n. घोड़ेका मुँहके भीतरका फोड़ा।

strangulate v.t. (क्व०) कण्ठपीड़न करना, गला घोंटना, गला या टेंटुआ दबाना; (निदान०, शल्य०) चाप द्वारा (शिरा, आँत आदिके) रक्तसंचारको रोकना, दबावसे खूनका दौरा रोकना।

strangulation n. श्वासावरोध, श्वासरोध द्वारा वध, गला घोंटना; रक्तसंचार-रोध।

strangury a. मूत्रकृच्छ्र, मूत्रक्षरण, पीड़ा देकर बूँद-बूँद पेशाब आनेका रोग।

strap १. n. लोहेकी पट्टी या बन्द, कब्जेका पत्तर; चर्मपट्ट, चमड़ेकी पट्टी, पट्टा, फीता या तस्मा; वस्तुओंको बाँधनेके लिए बक्सुएदार पट्टी, पेटी, बिस्तर आदि बाँधनेका तस्मा; (वन०) जिह्विका, पुष्पका जिह्वाकार भाग, छोटे फूलका जीभकी भाँति लटकनेवाला भाग, पट्ट, कन्ना; २. v.t. लोहेकी पट्टीसे कसना, चमड़ेकी पट्टी या तस्मेसे जकड़ना, कसना; (चाकू, उस्तरा आदिमें) धार रखना, चमोटेपर तेज करना; (शल्य०) (घावपर) पट्टी बाँधना, (घाव) मूँदना, चिपकनेवाला मलहम लगाकर बाँधना; कोड़े लगाना, पट्टेसे पीटना, तस्मेसे मारना; ~hanger खड़ा मुसाफिर, बस या रेलगाड़ीमें बैठनेको जगह न पानेवाला व्यक्ति (जो छतमें लटकते हुए पट्टेको पकड़े खड़ा रहता है); ~-oil चमड़ेके पट्टेकी मार; ~head, ~-held, ~-laid, ~-shaped, ~ work.

strappado १. n. (pl. *-s*) किसी अपराधीके हाथों या दूसरे किसी अंगको रस्सोंसे बाँधकर लटकाये जानेका कठोर दण्ड या सजा; २. v.t. उपर्युक्त दण्ड देना, मुश्कें कसना।

strapper n. ऊँचा-पूरा व्यक्ति, लम्बा-तड़ंगा आदमी।

strapping १. n. घावपर मलहम आदिके साथ पट्टा बाँधना; २. a. हृष्टपुष्ट, तगड़ा, हट्टा-कट्टा, मुस्टण्डा, लम्बा-तड़ंगा, लम्बे कदका।

strass n. उच्छिष्ट अंशुक, बचा खुचा रेशम।

strata दे० STRATUM.

stratagem n. कूटयुक्ति, कूटचाल, कूटनीति, चातुरी, शत्रुको छलनेकी युक्ति, कौशल, छलबल, उपाय, घात, चाल, दाँव, जुगत, तरकीब (*must be effected by* ~)।

stratal a. स्तरीय, स्तरयुक्त, स्तर-सम्बन्धी, परतपर परत, परतदार, परतका।

strategic a. युद्धनीतिनिर्देशित, युद्धकौशल-विषयक, युद्धावश्यक, व्यूहरचनोपयोगी, सामरिक महत्त्वका, समरनीतिका, युद्धकला-सम्बन्धी, लड़ाईके मौकेका, जंगी; कूट, कूटनीतियुक्त, दाँवघातवाला, जुगती (~ *position, skill*); शत्रुकी आन्तरिक अर्थस्थितिको विघटित करने तथा सैनिकोचित उत्साहको भंग करनेवाली (बमवर्षा)।

strategical a. (अब क०) सामरिक, युद्धोचित, समरनीति-विषयक, जंगी।

strategics n. योधननीति, रणचातुर्य, सैन्यपरिचालनविद्या, युद्धकौशल, रणविद्या; छलविद्या, कूटविद्या, कपट, घातनीति।

strategist n. योधननीतिज्ञ, युद्धकलाविद्, युद्धपरिचालनविद्याविद्; घातनीतिज्ञ, कूटकुशल, चालबाज।

strategy n. योधननीति, रणनीति, युद्धविधि, युद्धकला, रणकौशल, रणचातुर्य, व्यूहनैपुण्य, सैनिक छलबल, फौजी दाँव-पेंच, सिपहसालारी (शा० एवं ला०); कूटकौशल, घातनीति, कूटरचना, छलबल, जुगत।

strath n. (स्कॉट०) खुली उपत्यका, चौड़ी पर्वतीय घाटी; ~spey एक सजीव स्कॉटलैण्डीय नृत्य (और गीत)।

straticulate a. स्तृत, स्तरयुक्त, परतदार।

stratification n. स्तरविन्यास, स्तरण, स्तरीकरण, स्तरायन, स्तरीभवन, स्तरनिर्माण, स्तरावस्थिति, परतों या तहोंका लगाना।

stratified a. स्तृत, स्तरित, स्तरयुक्त, स्तरबद्ध, स्तरीभूत, परतोंके क्रमका, परतदार (~ *layer, tissue*)।

stratiform a. स्तरावस्थित, स्तरयुक्त, परतदार।

stratify v.t स्तरीकरण करना, स्तरबद्ध करना, स्तरीभूत करना, परतपर परत जमाना।

stratigraphic, -al aa. स्तरचित्रीय।

stratigraphy n. स्तरविज्ञान, स्तरचित्रण; स्तरीभूत वर्गोंकी व्यवस्था तथा स्थिति।

stratocracy n. सैनिक शासन।

stratographical a. सैन्यविज्ञान-विषयक, सैन्यशास्त्र-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

सम्बन्धी, सैन्यविद्याका ।

stratography n. सैन्यविज्ञान, सैन्यशास्त्र, सैन्यविद्या ।

stratosphere n. समतापमण्डल, स्थिरतापी मण्डल, वातावरणीय वायुका समताप स्तर (जहाँपर कि तापक्रम ऊँचाईके कारण घटता नहीं है), स्ट्रैटोस्फीयर ।

stratospheric a. समतापमण्डलीय, स्ट्रैटोस्फीयर-सम्बन्धी ।

stratum n. (pl. *-a*) (भूगर्भ०) स्तर, तह, परत (किसी जमे हुए पदार्थका); (परिवर्तित) सामाजिक स्तर या श्रेणी, वर्ग (*the various ~a of society*) ।

stratus n. (pl. *-ti*) स्तारमेघ, अविरल मेघपटल, बादलकी पतली परत ।

straving १. n. इत्वरण, निरर्थक भ्रमण, व्यर्थ पर्यटन, आवारागिरी, आवारागर्दी; २. v. i. इत्वरण करना, निरर्थक भ्रमण करना, व्यर्थ पर्यटन करना, आवारागर्दी करना, आवारा घूमना ।

straw १. n. तृण, बुस, पलाल, पुआल, भूसा (गद्दोंमें भरने, घर छाने, टोप आदि बनानेमें भी प्रयुक्त; *made of ~*); पुआल-निर्मित टोप; तृण, तिनका, डण्ठल, तुच्छ या क्षुद्र वस्तु, नाल (*with a ~ in his mouth*); २. v.t.(प्रा०) विकीर्ण करना, बिखेरना, फैलाना; ~-board दफ्ती; ~-colour पीत, हल्का पीला; ~-coloured हलके पीले रंगका; ~ vote ⊙ शक्ति-परीक्षाके लिए अराजकीय मतदान; *a ~ shows which way the wind blows* एक तिनकेसे भी हवाका रुख मालूम हो जाता है, छोटे-से संकेतसे बहुत कुछ पता चल जाता है; *catch at a ~* डूबते हुएका तिनकेका सहारा लेना, तुच्छ वस्तुका आसरा पकड़ना; *draw ~s* छोटे-बड़े तिनकोंको भाग्य-परीक्षाके लिए डालना; *in the ~* शिशु-शय्यापर; *make bricks without ~* बिना साधनोंके ही काम करना, पानीमें बड़े पकाना; *man of ~* भूसा भरा हुआ पुतला, कल्पित शत्रु या विरोधी; निर्धन, असहाय, साधनहीन; *the last ~* बोझाका इस सीमा तक पहुँच जाना (कि थोड़ा-सा भी बढ़ा देनेसे वह असह्य हो जावे);

~ bail, ~-blue, ~-board box, ~ cover, ~-cutter, ~ envelope, ~-hat, ~ mattress, ~-plait, ~-pulp, ~ rope, ~-worm, ~-yard, ~-yellow.

strawberry n. तृणबदरी, स्ट्रावेरी, भूमिपर छिछलने-वाला सदाबहार पौधा; ~-mark हल्का लाल चिह्न (जो जन्मसे ही शरीरपर पड़ जाता है; ~-tree स्ट्रावेरीके-से फल देनेवाला एक और सदाबहार पौधा; the ~ leaves ड्यूकका पद (ऐसी सजावटके कारण);

~ blite, ~ fly, ~ pink, ~ plant, ~ shrub, ~ spinach.

strawy a. तृणवत्, पलाल-सम्बन्धी, पुआल या भूसेका, भूसे-जैसा; हलका ।

stray १. n. उत्तराधिकारियोंकी भूलके कारण सम्राट्के अधीन होनेवाली मृत व्यक्तिकी सम्पत्ति; भटका हुआ पालतू पशु; २. v. i. विपथमें गमन करना, निष्प्रयोजन घूमना, पथभ्रष्ट होना, निरुद्देश्य विचरण करना, सन्मार्गसे च्युत होना, मार्गसे विचलित होना, उचित स्थानसे हट जाना, भटकना, बहक जाना, रास्ता खोना या भूल जाना, संगियोंसे अलग पड़ जाना, झुण्डसे बिछुड़ जाना, बेराह होना; ३. a. भ्रान्त, विचलित, मार्गच्युत, पथभ्रष्ट यूथभ्रष्ट, छूटा हुआ, बिछुड़ा हुआ, भूला हुआ, भटका हुआ, गुमराह (*~ cattle, customer*); विकीर्ण, यत्र-तत्र घटित, विरल, छिटपुट, भूला-भटका, अप्रत्याशित रूपसे होनेवाला, बिखरा हुआ (*a few ~ instances*) ।

strayed a. भ्रष्ट, च्युत, विचलित, भ्रान्त, यूथभ्रष्ट ।

strayer n. विपथगामी, पथभ्रष्ट, राह भटकनेवाल; यूथभ्रष्ट पशु ।

streak १. n. राजि, धारी, लकीर (*black with red ~s*); विरेखा, लम्बी पतली अनियमित रेखा; प्रवृत्ति; २. v.t. & i. रेखाओंसे चिह्नित करना, धारियाँ डालना; लहराना, विद्युल्लेखाकी भाँति चंचल होना, बिजलीकी तरह झटसे चमक जाना; ~ of lightning विद्युल्लेखा, बिजलीकी कौंध, लहर; *like a ~ of lightning* तुरन्त, झटपट, तेजीसे ।

streaked a रेखित, रेखाशवलित, रेखांकित, चिह्नित, लकीरदार; लहरदार, धारीदार (*~ wren*) ।

streakiness n. विरेखिता, रेखाशवलता, लहरियापन, धारीदारी ।

streaky a. = STREAKED.

stream १. n. स्रोत, जलस्रोत, सोता, जलप्रवाह, धारा, सरिता, लघु सरिता, नदी, छोटी नदी, नहर, नाला (*on the banks of a ~*); प्रस्राव, प्रवाह, धार, बहाव; जनप्रवाह, उमड़ती हुई लोगोंकी भीड़, आदमियोंका रेला; ओघ, किसी वस्तुकी बढ़ती हुई या बहती हुई अपार राशि (*saw a ~ of lava*); वेग, प्रवाह, धाराकी दिशा, बहावका रुख (*with the ~*); २. v.t. & i. तरल रूपमें धावित होना, पानीकी धार निकलना, पानी बहना; नदीकी भाँति बहना या बढ़ना, जारी होना; (पताका, ढीले बाल आदिका) लहराना, फहराना; (रक्तकी धार) बहाना, बहना, खून बहाना; ~line (a.) सुवाही, प्रवाहयुक्त; (n.) धारारेखा, जलीय या वायु-धाराओंका स्वाभाविक मार्ग; (v.t.) सुप्रवाहित करना; ~line flow सुसूत्र प्रवाह, धारारेखी प्रवाह; ~line shape सुवाही आकार, अवाहरोधी या अवातरोधी आकार (मोटरकार, हवाई जहाज आदिकी); (v.t.) सुवाही आकार प्रदान करना, सुप्रवाही बनाना; *go with the ~* हवाके रुखपर चलना, दूसरोंका साथ देना;

~ bank, ~ capture, ~ embankment, ~-lined engine, ~line filtration, ~line locomotive, ~liner, ~-piracy, ~-tin.

streamer n. लम्बी त्रिभुजाकार पताका, केतुपट (जिसका एक छोर बँधा हो तथा दूसरा वायुमें फहराता हो), फर-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

हरा; आलोकप्रवाह, उषालोक ।

streaming १. n. सरण, प्रवाह, बहाव (~ *movement*); २. a. प्रवाही. स्रावी. बहती (~ *eyes*) ।

streamless a. प्रवाहरहित, स्रोतहीन, धारहीन, नदीहीन ।

streamlet n. क्षुद्र सरिता, छोटा सोता या नाला ।

streamy a. प्रवाहमय, स्रोतयुक्त, बहने वाला ।

street* n. (प्रा०) राजमार्ग, सार्वजनिक पथ, पक्की सड़क; ग्रामपथ, नगर-मार्ग, रथ्या, वीथि, गाँव या कस्बेकी सड़क, रास्ता, गली*; railway ~⊙ ट्राम लाइन पटरी; ~ cries खोनचेवालोंकी आवाजें; ~ crossing चतुष्पथ, चौराहा; ~ orderly मेहतर, सड़कपर झाड़ लगानेवाला भंगी; ~ walker वारांगना, बाजारू वेश्या या रण्डी; *in the* ~ सर्राफेके बन्द होनेके उपरान्त चलनेवाला लन्दनका सर्राफेका बाजार या स्टॉक एक्सचेंज; *on the ~s* वेश्यावृत्तिवाली; *not in the same* ~ *with* घटिया;

~ alignment, ~-bred, ~ broker, ~-car, ~ cleaner, ~ collection, ~corner ~ delivery, ~ delivery van, ~-door, ~ drainage system, ~ fighting, ~-grown, ~ improvement, ~ lamp, ~ lecture, ~ light, ~ lighting, ~ pedlar, ~ rabies virus, ~ railroad, ~ railway, ~ railway company, ~ refuse, ~-sweeper, ~ sweepings, ~ virus, ~-walking, ~ward, ~way, ~ work.

streeted a. पथयुक्त, मार्गका, सड़कवाला, गलीवाला ।

streetward a. & adv. सड़ककी ओर, सड़ककी तरफका ।

strength १. n. ऊर्जाः, सत्त्व, प्राबल्य, सामर्थ्य, वीर्य, शक्ति, पराक्रम, बल, पुष्टि, बलवत्ता, दृढता, शक्तिसम्पन्नता, जोर, ताकत, हिम्मत, कड़ापन (*the ~ of argument, man*); शक्तिस्रोत, शक्तिदाता, बलदाता (*God is our ~*); संख्या, तादाद, नफ़री (*were there in great, full, ~*); गाढ़ता, सान्द्रता, गाढ़ापन (~ *of syrup*); भरोसा (*on the ~ of your promise*); *on the* ~ (सेना०) उपस्थिति-रजिस्टर में (*was taken on the ~*) ।

strengthen v.t. & i. शक्त बनाना, सबल बनाना, शक्ति देना, पुष्ट करना, प्रबल बनाना, बलिष्ठ या बलवत्तर बनाना या होना, दृढतर करना या होना, मजबूत बनाना, पक्का करना, ताकत पकड़ना; ~ one's *hands* (ला०) प्रोत्साहित करना, बल देना, हिम्मत बँधाना, हौसला देना ।

strengthener n. शक्तिदाता, सशक्तकर्ता, सबलकर्ता, बलिष्ठकर्ता, मजबूत बनानेवाला ।

हैं); प्रभावान् पदार्थ, अत्यन्त विख्यात वस्तु; २. v.t. & i. धूप देना, धूपमें रखना, घाम दिखाना, धूपमें सुखाना; धूप खाना, घाम लेना; mock ~ उपसूर्य, सूर्यसमीपस्थ प्रभामण्डल; Order of the Rising S~ जापानी व्यवस्था; ~-and-planet चक्कर गीयर, मशीनका जुड़वाँ गीयर (जिसमें एक छोटी दाँतेदार चरखी अपने धुरेपर घूमती जाती है और एक बड़े पहियेको छूती हुई इसके आस-पास चक्कर काटती है और उसे गति देती है); ~-bath सूर्यस्नान, नग्न होकर धूप खानेकी क्रिया; ~beam सूर्यरश्मि, सूर्यकिरण; ~-bird शींजिरिका, सूर्यपक्षी, मधुभक्षी लाल रंगका छोटा पक्षी; ~-blind सूर्यान्ध; आतपच्छद, खिड़कीका बाहरी पर्दा; ~-bonnet छत्र-टोप (धूपसे बचावके लिए किनारेदार टोपी); ~burn सूर्यदाह; धूपके कारण मुँह काला पड़ जाना, साँवला पड़ना; ~burnt या ~burned आतपदग्ध, सूर्यदग्ध, सूर्यातप्त, धूपसे झुलसा हुआ या काला पड़ा हुआ; ~dew कीटाश, एक प्रकारका छोटा-सा दलदलमें उगने-वाला पौधा; ~-dial सूर्यघटी, धूपघड़ी; ~-dog सूर्या-भास; ~down सूर्यास्त; ~downer आस्ट्रेलियाका माल लादनेवाला जहाज (जो सन्ध्यासमय बन्दरगाहपर पहुँचा करता है); (बोल०) सूर्यास्तके समयका मदिरापान; ~-dried आतपशुष्क, आतपपक्व, धूपमें सुखाया हुआ; ~fish सूर्यमीन, सूर्यमत्स्य, सूरज मछली, गोलाकार बड़ी मछली; ~flower सूर्यमुखी, सूरजमुखी फूल या अन्य कोई इसी प्रकारका फूल; ~-god सूर्यदेवता, ~lit सूर्यसे प्रकाशित; ~rise सूर्योदय; ~set दिनान्त, सूर्यास्त; सूर्यास्तके समयका रंग-बिरंगा आकाश; (ला०) जीवन-सन्ध्या, जिन्दगीकी शाम; ~shade छाता, छोटी छतरी; छप्पर, दुकानकी खिड़कीके ऊपरका सायबान; ~shine आतप, धूप, सूर्यालोक, सूर्यका प्रकाश, रोशनी; सूर्यके प्रकाशसे आपूर्ण धरातल; अच्छा मौसम; (ला०) सौभाग्य, प्रसन्नता, खुशदिली; ~shiny a. सूर्यप्रकाशयुक्त, सुहा-वना; प्रसन्न, खुशदिल; प्रसन्नता-प्रसारक; ~-spot सूर्य-लांछन, सूर्यकलंक, सूरजका धब्बा; ~-stroke आतपाघात, लू; *a place in the* ~ (ला०) अनुकूल अवस्था या परिस्थिति; *hail* or *adore the rising* ~ आगामी या नये शासकका पक्ष प्राप्त करनेके लिए चाटुवादिता करना, खुशामद करना; *his, its,* etc., ~ *is set* उनका जीवन-सूर्य अस्त हो गया; *hold a candle to the* ~ सूर्यको दीपक दिखाना; *in the* ~ धूपमें, घाममें; *rise with the* ~ प्रातःकाल उठना, बड़े सवेरे उठना; ~ one*self* धूप खाना, घाम लेना; *take the* ~ or (ग्रा०) *shoot the* ~ (नौवि०) धूप खाना; भोगांशको निश्चित करनेके लिए उन्नतांश स्थिर करना; ~-baked, ~-blackened, ~-blindness, ~-bonnet, ~-bright, ~burnt, ~ compass, ~-crack, ~-cured, ~ glasses, ~glow, ~ gold, ~-hat, ~ helmet, ~light, ~-myth, ~-rays, ~room, ~-scald, ~-scalded, ~ shine-hour, ~shine recorder, ~-spurge, ~stone, ~-worship, ~ yellow.

sundae ⊙ n. कुचले हुए फल, नारियल आदिसे मिश्रित आइसक्रीम।

Sunday n. रविवार, आदित्यवार, इतवार, सप्ताहका प्रथम दिवस; month of ~s लम्बी अवधि, दीर्घकाल; ~ best (प्रायः हास्य०) रविवारको पहननेके पोशाकी कपड़े, बढ़िया कपड़े; ~ saint रविवारी सन्त, बगुला भक्त; ~-school धार्मिक पाठशाला, रविवारीय विद्यालय (जिसमें रविवारको धार्मिक प्रवचन होते हैं)।

sunder v.t. & i. (प्रा०, भाषण०, का०) स्वतन्त्र करना, पृथक् करना या होना, विच्छेद करना, अलग करना या होना, अलगाना; (क्वचित्) काट देना, तोड़ना, अलग रखना, कटना, टूटना।

sunderance n. पृथक्करण, विभाजन, विभाग, अलग करना आदि (क्व०)।

sundries n. (pl.) विविध वस्तुएँ।

sundry १. n. (pl.) बची-खुची या अगड़म-बगड़म बातें; अनुल्लेखनीय छोटी मदें; (आस्ट्रेलियामें) क्रिकेटका अतिरिक्त खिलाड़ी; २. a. (मुख्यतः प्रा० एवं हास्य०) नाना प्रकार, नाना, विविध, प्रकीर्ण, बहुविध, अनेक, विभिन्न, कई एक, कई, *(~ assets, payment)*; *all and* ~ सामूहिक रूपसे और व्यक्तिगत रूपसे प्रत्येक, मिलकर और स्वतन्त्र भावसे भी, प्रत्येक और सब।

sung SING का भू० कृ०।

sunk(en) SINK का भू० कृ०, निमग्न।

sunless a. निरातप, आतपशून्य, बेधूप, छायादार।

sunlessness n. निरातपता, आतपशून्यता, धूपका अभाव।

sunlike a. सूर्यवत्, सूर्यसमान, सूरजका-सा।

sunn n. शण, सन।

sunniness n. सातपता, प्रकाशमयता, उज्ज्वलता, चमक, उष्णता, गर्मी; प्रफुल्लता, प्रसन्नता, मनोहारिता, आकर्षकता, सुन्दरता।

Sunnite n. सुन्नी मुसलमान।

sunnud n. सनद, प्रमाणपत्र।

sunny a. सातप, आतपाक्रान्त, आतपव्याप्त, सूर्यके प्रकाशसे दीप्तिमान्, सूर्यकी भाँति उज्ज्वल, सूरजकी रोशनीकी तरह चमकीला, रोशन; (क्व०) सौर, सूर्य-सम्बन्धी, सूरजका; सूर्यतप्त, धूपमें रखा हुआ; (ला०) प्रमुदित, प्रफुल्ल, प्रसन्नता-प्रसारक, उज्ज्वल, आकर्षक, सुन्दर, मनोहर; the ~ side घरका धूपमें रहनेवाला पक्ष; (ला०) उज्ज्वल पक्ष, परिस्थितियोंका अधिक आनन्दप्रद रूप, रोशन पहलू।

Sunnyasee, -si n. संन्यासी।

sunproof a. सूर्यरोध, आतपत्र, धूपरोक, धूपसे बचाने-वाला।

sunward a. & adv. सूर्योन्मुखी, सूर्यमुखी, सूरजकी ओरका; सूरजकी ओर।

sunwise adv. घड़ीकी सुईकी तरह; दायींसे बायीं ओरको।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

sup १. n. घूँट, चुस्की (*neither bit* or *bite nor* ~); २. v.t. & i. (चाय, रसा आदिको) चुस्की-चुस्की पान करना, घूँटघूँट लेना, थोड़ा-थोड़ा पीना, चम्मच-चम्मच पीना, सुड़पना; रात्रिकालीन भोजन करना, रातका खाना खाना; (आतिथेय या मेजबानका) किसीको भोजन कराना, (भोजन) ब्यालूके काम आना या काम देना; *he must have a long spoon that ~s the devil* अविश्वासी व्यक्तियोंसे बातचीत करना खतरेसे खाली नहीं है।

super १. n. अतिरिक्त अभिनेता, सामान्यसे अधिक संख्याका अभिनेता; (ला०) अतिरिक्त या अवांछित या अनावश्यक व्यक्ति आदि; अधीक्षक, सुपरिण्टेण्डेण्ट; (वाणि०) उत्तम कोटिका वस्त्र, बढ़िया किस्मका कपड़ा या वस्तु; बहुत अधिक व्ययसे निर्मित चलचित्र; २. a. परम, उत्कृष्ट, उत्तम, बढ़िया, अच्छी किस्मका; अतिरिक्त, अधिक, बहुत, छिछला, ऊपरी, दिखाऊ; वर्गगत (माप)।

superable a. निवार्य, परिहार्य, अतिक्रमणीय, वश्य, शक्तिगम्य।

superabound v.t. असामान्य मात्रामें होना, अत्यधिक होना, प्रचुर मात्रिमाणमें होना, बहुतायतसे होना, हदसे ज्यादा होना।

superabundance n. अत्याधिक्य, आधिक्य, आतिशय्य, अतिप्राचुर्य, असामान्य विपुलता, बाहुल्य, बहुतायत, रेलपेल, ज्यादती।

superabundant a. अत्यधिक, अतिप्रचुर, अतिरिक्त, बहुल, प्रचुर, बहुत ज्यादा।

superadd v.t. अतिरिक्त जोड़ना, और जमा करना।

superannuate v.t. परीक्षामें अनुत्तीर्ण छात्रको विद्यालयसे निकाल देनेकी आवश्यकता समझना; पेंशन देकर सेवानिवृत्त करना; वार्धक्यके कारण अयोग्य ठहराना, प्रयोग या कामके लिए अत्यधिक वृद्ध या पुराना घोषित करना और आगे चलानेके अनुपयुक्त बता देना, वृद्धावस्थाके कारण कार्यमुक्त करना, पुरानेपनके कारण निकाल देना, बेकार कह देना।

superannuated a. वयोधिक, अनुपयोगी, वृद्धताके कारण असमर्थ, पुरानेपनके कारण बेकार, पुराना, बुड्ढा।

superannuation n. अनुत्तीर्ण छात्रको विद्यालयसे निकालना; कार्यमुक्ति, वार्धक्य-निवृत्ति, वृद्धावस्थाके कारण सेवानिवृत्ति, पेंशन देकर नौकरीसे अलग कर देनेका कार्य; अधिवार्षिकी, वृद्धतावृत्ति, निवृत्तिवेतन; वृद्धत्व, वृद्धावस्था, वार्धक्य, बुढ़ापा (~ *pension*); ~ right अधिवर्षाधिकार।

superb a. उत्कृष्ट, अतिशोभन, मनोरम, भव्य, ऐश्वर्य-युक्त, चमत्कारपूर्ण, महान्, विशाल, उत्तम कोटिका, चारु, बहुत ही शानदार, बड़ा, बढ़िया, आलीशान, ऊँचे दर्जेका (~ *beauty*); (प्रा०) उद्धत, दृप्त।

superbness, superbity nn. उत्कृष्टता, अतिशोभनता, मनोरमता, भव्यता, ऐश्वर्य, चमत्कारपूर्णता, महानता, बढ़ियापन; दृप्ति, दम्भ, घमण्ड, अकड़।

supercalendered a. बहुत ही अधिक घुटा हुआ, जरूरतसे ज्यादा पालिश किया हुआ (कागज)।

supercargo n. (pl. *-es*) नौपण्यकाधीक्ष, पोतपण्याधिकारी, मालविक्रेता, माल कप्तान, व्यापारी जहाजमें सामानकी बिक्रीका प्रबन्धक अधिकारी।

supercharge v.t. अधिक ग्रहण करना, अधिक मूल्य लगाना, ज्यादा चार्ज करना।

supercharger n. वायुयान और मोटरकारके इंजिनके सिलिण्डरोंमें अतिरिक्त मात्रामें विस्फोटकारी मिश्रणको भरनेके कामका विशेष पम्प।

superciliary a. अधिभ्रू, भ्रूत्तर, भ्रूसम्बन्धी, आँखके ऊपरका, भौंहोंपरका।

supercilious a. उद्दण्ड, गर्वित, अहंकृत, अत्युद्धत, असहनशील, दृप्त, अभिमानी, गर्वीला, घमण्डी, नकचढ़ा।

superciliousness n. औद्धत्य, अतिगर्व, उद्दण्डता, अभिमान, घमण्डीपन, नकचढ़ापन।

supercilium n. (श० र० शा०) भ्रू, भौंह।

supercool v.t. अतिशीतल करना, किसी तरल पदार्थको इतना ठण्डा करना कि वह बर्फ बननेकी अवस्थासे कुछ ही नीचे रहे, बहुत ही अधिक ठण्डा करना।

superdreadnought n. ड्रेडनॉटसे अधिक शक्तिशाली या मजबूत जंगी जहाज।

supereminent a. सर्वोत्कृष्ट, सर्वोत्तम, अत्युत्तम, अतिश्रेष्ठ, श्रेष्ठतम, अत्युच्च, अतिप्रख्यात, अतिप्रतिष्ठित, बहुत ही बड़ा।

supererogation n. अतिरिक्तकारिता, नियमातिरेक, अतिरिक्ताचार, कर्त्तव्यसे भी अधिक काम करना; (धर्म०) नियमातिरेक या बहुकर्म, अति, ज्यादती।

supererogatory a. विध्यतिरिक्त, नियमातिरेक-विषयक, अतिरिक्ताचार-सम्बन्धी, कर्तव्यातिरिक्त, कर्त्तव्यसे अधिक कार्य करनेका।

superexcellence n. अत्युत्कृष्टता, अत्युत्तमता, उत्तमोत्तमता, सर्वोच्चता, कमाल, खूबी।

superexcellent a. अत्युत्कृष्ट, परमोत्कृष्ट, अत्युत्तम, उत्तमोत्तम, सर्वोत्कृष्ट, सर्वोच्च, बहुत ही बढ़िया।

superfatted a. अत्यधिक वसामय, बहुत ज्यादा चर्बीला (~ *soap*)।

superficial a. उपरिष्ठ, अगम्भीर, धरातलीय, तलोपरिक, बाह्य, ऊपरी, दिखाऊ, बाहरी, ऊपर-ऊपरका, सतही, सतहपरका, बाहर-बाहरका; गाध, अगाढ़, छिछला, हलका, थोड़ा, कच्चा, उथला, थोथा, (~ *colour, knowledge*); पल्लवग्राही, सामान्य।

superficiality n. उपरिष्ठता, तलोपरिकता, अगम्भीरता, हलकापन, सतहीपन, ऊपरीपन, छिछलापन, उथलापन, कच्चापन, थोथापन।

superficialness n. = SUPERFICIALITY.

superficies n. धरातल, तल, उपरितल, ऊपरकी या बाहरकी सतह; पृष्ठ, पृष्ठदेश; बहिर्दिक्, बाहर।

superfine a. (वाणि०) विशिष्ट, सर्वोत्कृष्ट, अत्युत्तम, अतिसूक्ष्म, अधिचारु, अतिरिक्त-विशेषता-पूर्ण, बहुत ही

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

बढ़िया; महीन, बारीक (~ *cloth*); संस्कारप्रिय, परिमार्जनप्रिय, विशुद्धता-प्रेमी।

superfineness n. विशिष्टता, अत्युत्तमता, अतिसूक्ष्मता, अधिचारुता; परिमार्जनप्रियता, विशुद्धताप्रेम।

superfluity n. बाहुल्य, बहुलता, आधिक्य, अतिरिक्त मात्रा; आवश्यकतासे अधिक राशि, अतिरिक्त या फालतू धन या रकम (*give of* one's ~); अनावश्यक वस्तु।

superfluous a. अत्यधिक, प्रचुर, विपुल, प्रभूत, अतिरिक्त, निष्प्रयोजन, निरर्थक, अनावश्यक, ज्यादा, आवश्यकतासे अधिक, बहुत काफी, जरूरतसे ज्यादा, फालतू, बेजरूरत, फाजिल (~ *copies*)।

superfluousness n. अतिरेक, प्रचुरता, आधिक्य, प्रयोजनातिरिक्तता, अनावश्यकता, फाजिल होना।

superflux n. अतिप्रवाह, फालतू बहाव।

superheat v.t. अतितप्त करना, पानीके क्वथन-बिन्दुसे ऊपरके तापक्रम तक उत्तप्त करना या गरमाना, उबलनेसे भी ज्यादा गरम करना।

superheater n. अधितापक, अतिताप-यन्त्र।

superhuman a. मनुष्यागम्य, अतिमर्त्य, अतिमानुषी, अधिमानवीय, अपौरुष, दैवी, अलौकिक, मनुष्यकी शक्तिसे परे।

superimpose v.t. अध्यारोपण करना, अध्यारोपित करना, ऊपर स्थापित करना, ऊपर रखना या लगाना (किसी दूसरी वस्तुपर)।

superimposed a. अध्यारोपित, अधिनिविष्ट।

superimposition n. अध्यारोपण, अधिक लादना।

superincumbent a. उपरिन्यस्त, अध्याश्रित, उपरिशायी, उपरिस्थित, उपरिवर्ती, किसी वस्तुके ऊपर पड़ा हुआ या रखा हुआ।

superinduce v.t. संयोग करना, कोई नयी वस्तु विकसित करना, वृद्धि करना, नयी वस्तु जोड़ना या बढ़ाना, ज्यादा करना।

superinduction n. संयोजन, नयी वस्तु जोड़ना।

superintend v.t. & i. तत्त्वावधान करना, अधीक्षण करना, निरीक्षण करना, अधीक्षक होना, प्रबन्ध करना, प्रबन्धको लेना, उसे व्यवस्थित करना और कामको देखना, देखभाल करना, निगरानी करना।

superintendence, -cy n. अधीक्षण, निरीक्षण, प्रबन्ध, निगरानी; तत्त्वावधायकता, अधीक्षकपद, अधिकरणकर्तृत्व, सुपरिण्टेण्डेण्टका पद।

superintendent n. पर्यवेक्षक, अधीक्षक, तत्त्वावधायक, अध्यक्ष, संचालक, पुलिस सुपरिण्टेण्डेण्ट।

superior a. उत्तरवर्ती, उत्कृष्टतर, गुरुतर, महत्तर, उच्चतर, उत्तर, उपरि (~ *clerk, court*); अधिकतर, श्रेष्ठ, उत्तम, बड़ा, बेहतर, बरतर, बढ़ा हुआ (*by* ~ *wisdom*); (n.) वरिष्ठ, प्रवर, प्रकृष्ट (~ *authority*); ज्येष्ठ, गुरु, अधिक योग्यतावाला व्यक्ति, उच्चतर पदपर स्थित व्यक्ति, अच्छा, बड़ा, बुजुर्ग (*is deferential to his* ~*s*); (वन०) पुष्पकोश या बीजकोशके ऊपर रखा हुआ (पुष्पकोश या बीजकोश); स्वगुणाभिमानी, अत्यभिमानी, अभिमानी, दम्भी (*he remarked with a* ~ *air*); विशिष्ट, प्रमुख, असामान्य, असाधारण, अधिक गुणवान्, गुणी, उच्च कोटिका, अच्छा, बढ़िया, असाधारण विशेषताओंका, ऊँचे दर्जेका (*my cook is a very* ~ *woman*); दृढ़, अटल, निश्चिन्त, चिन्तामुक्त, लोभ मोह आदिसे परे (~ *to bribery, temptation*); मठाध्यक्ष, मठाधीश; ~ figures पंक्तिके ऊपर मुद्रित या लिखित अंक; ~ lette s पंक्तिके ऊपर मुद्रित या लिखित अक्षर; ~ mode of living ऊँचा रहन-सहन; ~ numbers अधिक संख्या (*was overcome by* ~ *numbers*); ~ persons अच्छे भले शिक्षित व्यक्ति; (प्रायः व्यंग्य) दम्भी व्यक्ति; ~ wings बड़े पंख (जो दूसरोंके ऊपर फैले रहते हैं)।

superioress n. मठाध्यक्षा, मठाधीशा।

superiority n. विशिष्टता, गुणाधिक्य, प्राधान्य, गुरुता, महत्ता, उत्कृष्टता, उत्तमता, प्रमुखता, विशेष योग्यता, बड़प्पन, खूबी; श्रेष्ठत्व, श्रेष्ठता, वरिष्ठता, उच्चता, उपरिकता; स्वाभिमान, दृढ़ता, निश्चिन्तता; ~ complex अहम्मन्यता।

superjacent a. उपरिवर्ती।

superlative १. n. अतिशयोक्ति, उत्तम कोटिमें कहा हुआ शब्द; उत्तम कोटि या रूप (*not used in the* ~); २ a. सर्वोत्कृष्ट, सर्वोत्तम, सर्वश्रेष्ठ, सर्वप्रधान, श्रेष्ठतम, प्रधानतम, परम, सर्वोच्च श्रेणीका, उत्तम कोटिका, सबसे बढ़कर (~ *wisdom, beauty*, etc.); *his talk is all* ~*s* वह अतिशयोक्तिपूर्ण बातें करता है।

superlativeness n. सर्वोत्कृष्टता, सर्वोत्तमता, उत्तमता।

superman n. अतिमानव, अधिमनुष्य।

supermundane a. अधिपार्थिव, भूमण्डलके ऊपरका, पृथ्वीकी वस्तुओंकी अपेक्षा श्रेष्ठ।

supernacular a विशिष्ट, अत्युत्तम, अधिचारु, प्रथम श्रेणीका, पहले दर्जेका।

supernal a. (का०, भाषण०) दिव्य, दैवी, स्वर्गीय, आकाशी, पारलौकिक, ऊर्ध्वलोकस्थ, महान्, ऊँचा।

supernatant a. प्लावी, तिरनेवाला, ऊपर-ऊपर तैरनेवाला; ~ liquor अधिद्रव।

supernatation n. प्लवन, तिरना, ऊपर-ऊपर तैरना।

supernational a. सार्वभौम, सार्वभौमिक, अन्तरराष्ट्रीय।

supernatural a. अतिप्राकृत, प्रकृतिबाह्य, मानवासाध्य, अतिमानुषिक, अमानुषी, आधिदैविक, लोकातीत, दैवी, अलौकिक, प्रकृतिसे परे; आश्चर्यजनक।

supernaturalism n. अलौकिकतावाद, अपौरुषेयत्ववाद, लोकोत्तरवाद, दैवी शक्तिमें विश्वास।

supernaturalist n. अलौकिकतावादी, अपौरुषेयत्ववादी, लोकोत्तरशक्तिवादी।

supernaturalistic a. अलौकिकतावादी, अपौरुषेयत्ववाद-विषयक, दैवीशक्ति-सम्बन्धी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

supernaturalize v.t. अतिप्राकृत रूप देना, निसर्गातीत बनाना, प्रकृतिसे परे उठाना।

supernaturalness n. अतिप्राकृतता, अतिमानुषिकता, मानवासाध्यता, अलौकिकता, विलक्षणता।

supernormal a. अधिसामान्य।

supernumerary १. n. निर्दिष्ट संख्यासे अधिक व्यक्ति या वस्तु, फालतू आदमी; २. a. संख्यातिरिक्त, अधिसंख्य, अधिक, अतिरिक्त, आवश्यकता या नियत संख्यासे अधिक, फालतू, जायद, फाजिल (~ *bud*)।

superphosphate n. अधिभास्वीय, फास्फोरसके अम्लकी अधिकतम मात्रा-मिश्रित फास्फेट।

superposable a. आच्छाद्य, अध्यारोप्य।

superpose v.t. अध्यारोपित करना, आच्छादित करना, ऊपर स्थापन करना, किसी पदार्थको दूसरेपर रखना, एकको दूसरेपर जमाना।

superposition n. अध्यारोप, अध्यारोपण, आच्छादन।

supersaturate v.t. अध्यनुविद्ध करना, अतिसंतृप्त करना, आवश्यकतासे अधिक संतृप्त करना।

supersaturation n. अतिसंतृप्तीकरण, अतिसंतृप्ति।

superscribe v.t. किसी वस्तुपर उत्कीर्ण करना या अंकित करना, ऊपर या बाहरकी ओर लिखना या खोदना।

superscribed a. उपरिलिखित, उत्कीर्ण, उपर्यंकित, ऊपर लिखा हुआ (~ *words*)।

superscript a. अधिलिखित, पंक्तिके ऊपर लिखा हुआ।

superscription n. बहिर्नाम, उपरिलेख, शिरोनाम, शीर्षक, सरनामा, किसी वस्तुके ऊपर या बाहर उत्कीर्ण या अंकित शब्द, पता।

supersede v.t. निरस्त या निष्प्रभाव करना, स्थानच्युत करना, अवक्रान्त करना, अधिलघन करना; अधिकारच्युत करना, अधिक्रमण करना, छलपूर्वक दूसरेका स्थान ले लेना, बदलना, उखाड़ फेंकना, निकाल देना, पीछे छोड़ देना, हटा देना, उठा देना; प्रयोग न करना, काममें न लाना, रद्द करना; (कानून) लेखरोध करना।

supersedure n. अवक्रमण, निरसन, निष्प्रभावण, शून्यन, अधिलंघन, अधिकार-वंचन, जगह ले लेना, आगे बढ़ जाना; (कानून) लेखरोधन।

supersensible a. इन्द्रियातीत, इन्द्रियोंसे परे।

supersensitive a. अतिसंवेदनशील, अतिविकारशील, अतिप्रभावग्रहणशील।

supersensitiveness n. अतिसंवेदनशीलता, अतिविकारशीलता, अतिप्रभावग्रहणशीलता।

supersensual, supersensuous aa. अतिपार्थिव, अतीन्द्रिय, इन्द्रियातीत, इन्द्रियोंसे परे।

supersession n. अधिक्रम, अतिक्रम, अधिलंघन, निष्प्रभावीकरण, स्थानाधिकार-परिवर्तन, स्थानापन्नता, एकके स्थानपर दूसरे व्यक्ति या वस्तुकी नियुक्ति या स्थापना।

supersonic a. अधिस्वनिक, कर्णातीत (~ *waves*)।

supersonics n. आधिस्वनिकी, अधिस्वन-विज्ञान।

superstition n. कुसंस्कार, अन्यथाधर्म, अलीकधर्म, मिथ्याधर्म, मिथ्याभक्ति, भ्रमात्मक श्रद्धा, तामसी निष्ठा, अतिभक्ति, अन्धविश्वास, मूढ़विश्वास, मूढ़ाग्रह, वहम।

superstitious a. कुसंस्कारविशिष्ट, कुसंस्कारजनित, मिथ्याधर्मयुक्त, मिथ्याधर्मी, अन्धश्रद्धाजनित, अन्धश्रद्धालु, मूढ़ग्राही, मूढ़ाग्रहमूलक, अन्धविश्वासपूर्ण, अन्धविश्वासी, वहमी।

superstitiousness n. मिथ्याधर्मिता, मिथ्याधर्मीपन, अन्धश्रद्धालुता, मूढ़ाग्रह, अन्धविश्वासीपन; मिथ्याधर्म, अन्धश्रद्धा, अन्धविश्वासपूर्णता, वहमीपन।

superstratum n. मूर्धास्तर, ऊर्ध्वस्तर, ऊपरकी परत।

superstruction, superstructure nn. अधिरचना, भवनका ऊपरी भाग, ऊपरका ठाट, ऊपरी बनावट।

superstructive a. दे० SUPERSTRUCTURAL.

superstructural a. अधिरचनात्मक।

superstructure n. उपरिसंरचना, अधिरचिति, उपरिभवन, ऊपरी-ढाँचा।

supertax n. अधिकर, अतिरिक्त आयकर।

supertone n. अधितान, संगीतके विधानमें मौलिक सुरसे ऊपरका अर्थात् ऊँचा प्रथम सुर।

supervacaneous a. निष्प्रयोजन, अनावश्यक, व्यर्थका, बेकार, बेजरूरत, फालतू, फिजूल।

supervene v.i. अकस्मात् आ पड़ना, एक बातके बीचमें दूसरी बातका घटित होना, एक काममें दूसरा काम भी आ टपकना, अड़ना, आ पड़ना, टूट पड़ना।

supervenient a. अकस्मात् घटित होनेवाला, ऊपरसे टपकनेवाला, ऊपर आ पड़नेवाला, जायद।

supervention n. अकस्माद्घटन, आ टपकना, आ पड़ना, टूट पड़ना।

supervisal n. = SUPERVISION.

supervise v.t. पर्यवेक्षण करना, परिनिरीक्षण करना, देखरेख करना, सुपरवाइज करना।

supervising a. पर्यवेक्षी (~ *staff*)।

supervision n. पर्यवेक्षण, परिनिरीक्षण, देखरेख।

supervisor n. पर्यवेक्षक, परिनिरीक्षक।

supervisory a. पर्यवेक्षी, पर्यवेक्षण-विषयक, परिनिरीक्षण-सम्बन्धी (~ *body*); पर्यवेक्षणात्मक, परिनिरीक्षणयुक्त।

supinate v.t. & i. हाथ उलटना, गदोली उलटना; पैर ऊपर उठाना, चित लेटना।

supination n. उन्मुखता, उत्तलावस्था, उत्तानितत्व, उत्तानावस्था, चित लेटनेकी अवस्था।

supine[1] n. (लैटिनमें) क्रियार्थक संज्ञा।

supine[2] a. उत्तान, ऊर्ध्वमुख, उन्मुख, उत्तल, चित, ऊपरको मुख किये पड़ा हुआ; उपेक्षापरायण, निरुद्योगी, उदासीन, अलस, आलसी, निष्क्रिय, निकम्मा, सुस्त, कामचोर, ढीला, मट्ठर।

supineness n. चित पड़े होनेकी अवस्था; निष्क्रियता,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

उद्योगहीनता, आलस्य, तन्द्रा, आलसीपन, सुस्ती, काहिली, कामचोरी, निकम्मापन।

suppedaneum n. (ईसा०) वेदीका पावदान।

supper n. निशाहार, ब्यालू, नैश-भोजन, रातके समय किया जानेवाला अन्तिम खाना।

supperless a. भोजनरहित, भूखा।

supplant v.t. गुप्त भावमें मूलोत्पाटन करना, मूलोच्छेदन करना, निस्सारण करना, दूसरेका स्थान चालाकीसे हथिया लेना, गुप्त रूपसे जड़ उखाड़ देना, पाँव उखाड़ना, निष्कासित करना, निकाल देना, दूर करना, हटाना।

supplantation n. अधिकारापहरण, मूलोत्पाटन, मूलोच्छेदन; विध्वंस, नाश।

supplanter n. पदापहारक, निष्कासनकर्त्ता, उत्पाटक, उखाड़नेवाला, दूसरेके स्थानको हथियानेवाला।

supple १. v.t. & i. अप्रतिरोधकारी बनाना या होना, वशीभूत करना, कोमल करना, नमनशील बनाना या होना, दब्बू बनाना या होना; सुनम्य बनाना या होना, लचकदार बनाना या होना, लचीला बनाना या होना; झुकाना, झुकना; २. a. अप्रतिरोधकारी, नमनशील, अद्दू, वशवर्ती, अधीन प्रकृतिका, चाटुवादिताप्रिय, चापलूस, चापलूसीभरा, दब्बू, दबकर काम निकालनेवाला, खुशामदी, लल्लो-चप्पो करनेवाला; सुनम्य, नमनशील, नमनीय, मृदु, कोमल, मुलायम, लचीला, लचकदार, लोचदार; ~ *horse* घोड़ेको थोड़ेसे इशारेपर दौड़नेवाला बना देना; ~ *jack* लचीला बेंत।

supplement[1] n. (गणित०) सम्पूरक, द्विसमकोणपूरक; पूरक, शेषपूरक, अनुपूरक, परिशिष्ट, क्रोड पत्र, अतिरिक्त अंश।

supplement[2] v.t. सम्पूरण करना, अनुपूरित करना, परिशिष्ट जोड़ना, वृद्धि करना, बढ़ाना, जोड़ना, लगाना।

supplemental, supplementary aa. पूरक, सम्पूरक, अनुपूरक-सम्बन्धी, परिशिष्ट-विषयक, विशेष-संस्करण-सम्बन्धी; अनुपूरक, परिपूरक, अतिरिक्त, जुड़ा हुआ, बादका (~ *affidavit*); (*supplementary budget, examination, grant, statement*)।

supplementation n. सम्पूरण, अनुपूरण, भरण, जोड़, जमा।

suppleness n. अप्रतिरोधकारिता, वशवर्तिता, चाटुकारी, चापलूसी, दब्बूपन; सुनम्यता, नमनशीलता, नमनीयता, लचक, लोच, लचीलापन।

suppletory a. पूर्तिकारी, आपूर्णकारी, पूरक, कमी पूरी करनेवाला।

suppliance n. = SUPPLICATION.

suppliant १. n. विनयी, प्रार्थी, दीन याचक; २. a. दीन निवेदक, याचक, अनुनयकारी, प्रार्थक, प्रार्थनाकारी, प्रणत, नम्र, कृतांजलि, बद्धांजलि, शरणागत, शरणार्थी; अनुनय-विनय-द्योतक, अनुनय या प्रार्थना सूचक, दीन-याचना करनेवाला।

supplicate v.t. & i. सानुनय आवेदन करना, अनुनय करना, सांजलि याचना करना, करबद्ध प्रार्थना करना, विनती करना, दीनभावसे माँगना, मिन्नत करना, गिड़गिड़ाना, अर्ज करना।

supplication n. अनुनय, विनय, नम्र निवेदन, याचना, विनम्र प्रार्थना, विनती, भिक्षा, मिन्नत, अर्ज।

supplicatory a. अनुनयात्मक, प्रणतिपूर्ण, याचना-पूर्ण, प्रार्थनासूचक, विनतीवाला, मिन्नतभरा; अनुनय-विनय-सम्बन्धी, विनती-भरा।

supplier n. सम्भरक; सम्भरणकर्त्ता, पूर्तिकर्त्ता, समायोजक, प्रदायक, देनेवाला।

supply[1] n. सम्भरण, पर्यापण, प्रदाय, आपूर्ति, अभाव-पूरण, समायोजन, भरनी, देनेकी क्रिया; सम्भार, संग्रह, संचय, भण्डार, प्रदान की हुई सामग्रीकी राशि, रसद (*an inexhaustible ~ of fish, coal,* etc.); (pl.) सेनाके उपभोगकी आवश्यक वस्तुएँ, रसद-पानी; (pl.) प्रदाय, सरकारके व्ययके लिए संसदके द्वारा प्रदत्त धनानुदान, किसी व्यक्तिका अधिदेय या भत्ता (*his father cut off the ~ies*); Committee of S~ पूर्ति-समिति, ब्रिटेनकी लोकसभामें लोकसेवाके व्ययोंपर विचार करनेवाली समिति; ~ and demand (राज०, अर्थ०) प्रदाय और अभियाचन, पूर्ति और माँग;

~ base, ~ bill, ~ bundles, ~ committee, ~ contractor, ~ current, ~ department, ~ line, ~ measures, ~ officer, ~ pay bills, ~ personnel, ~ position, ~ price, ~ schedule, ~ schemes, ~ ship, ~ system.

supply[2] v.t. आपूरित करना, आपूर्त्ति करना, भरना; हाजिर करना, ला देना, मँगा देना; भरती करना।

support* १. n. भरण-पोषण, संपालन, पालन-पोषण, पक्षपोषण, समर्थन, साहाय्य, सहायता; भारवहन, अवलम्ब, आश्रय, सहारा*, टेकन (*give ~ to*; *troops stationed in ~*); अवष्टम्भ, आलम्ब; प्रोत्साहन, शक्ति देना या पाना; प्रमाणीकरण, सिद्धि; प्रस्तुतीकरण; २. v.t. भरण-पोषण करना, पालना, चलाना, संपालन करना (~ *a family*); भारवहन करना, अवलम्ब देना, धारण करना, सहारा देना, कुछ भार सम्हालना, बोझ ले जाना, भार उठाना, गिरने या धसकने न देना, सधाना, थामना (*had to be ~ed home*); जीवनी-शक्ति देना, प्रोत्साहित करना, उत्साह बढ़ाना, बल प्रदान करना, ढाढ़स देना या बढ़ाना, गिरनेसे बचाना, हिम्मत बढ़ाना, दिलासा देना (*what ~ed him* or *his strength was a glass of brandy, a good conscience, hope, your approval*); सहन करना, सहना, झेलना, बरदाश्त करना (~*s fatigue well*); पक्षपोषण करना, पुष्ट करना, समर्थन करना, आगे बढ़ाना, सहायता करना, सहायता देना, कृपा करना, साथ देना, पीठ ठोंकना, हिमायत करना (~ *a candidate, cause*); (वक्तव्य, सिद्धान्त, आरोप) प्रमाणित करना, पृष्ठपोषण

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

करना, सप्रमाण कहना, समर्थन करना, सिद्ध करना, स्थिर करना, निश्चित करना, पक्का करना, साबित करना; भूमिकामें पूरा-पूरा अभिनय करना, पार्ट प्रस्तुत करना; ~ trench गोला-बारूदकी खाई और सुरक्षाकी खाईके बीचकी दूसरी पंक्ति; ~ institution किसी संस्थाको चन्दा देना।

supportable a. सह्य, सहनीय, सहने योग्य, बरदाश्तके लायक; सहायताहं, आलम्बन योग्य।

supportableness n. सह्यता, सहनीयता, सहनेकी योग्यता, सहायताहंता।

supportance n. साहाय्य, सहायता, मदद; अवलम्ब, सहारा; समर्थन, पक्षपोषण।

supported a. आधृत, समर्थित।

supporter n. संपालक, अनुपोषक, भरण-पोषण-कर्त्ता, पोषक-पालक, भारवहनकर्त्ता, सहन करनेवाला; उत्साह-वर्धक, शक्तिदाता पृष्ठपोषक, आलम्बी, समर्थनकारी, सहायक, पक्षपोषक, प्रमाणित करनेवाला आदि क्रियागत अर्थोंमें; (अग्रदौत्य) ढाल लेकर खड़ा हुआ सिपाही, कुलचिह्नांकित ढालके पास बनी मूर्त्ति।

supporting a. आधारी, सहारा देने वाला (~ *cell, frame*); पोषी, सहायी, सहायक; ~ film गौण या कम महत्त्वपूर्ण चलचित्र या फिल्म।

supportless a. निरवलम्ब, आश्रयहीन, असहाय, अनाथ, बेकस, बिना सहारेका।

supposable a. अनुमेय, भावनाग्राह्य, कल्पनीय, कल्पना करने योग्य, मान लेने योग्य, फर्ज करने लायक।

supposal n. = SUPPOSITION.

suppose v.t. अनुमानित करना, कल्पित करना, मान लेना, मानना, समझ लेना (*let us ~ a second flood*); (परिणाम, सिद्धान्त आदिको) अपेक्षा रहना, आवश्यकता होना, आवश्यक होना, शर्त होना (*that ~s mechanism without flaws*); ठहराना; स्वीकृत करना, सम्भव मान लेना, अनुमान करना, अज्ञानके कारण मान लेना, सोचने लगना, सोच लेना, समझना, विचारना (*I ~ we shall be back in an hour*); *be ~d* कर्त्तव्य समझना, कर्तव्यके रूपमें होना, (*he is not ~d to clean the boots*)।

supposed a. सम्भावित, अनुमानित, कल्पित, विशिष्ट, माना हुआ (*his ~ brother, generosity*)।

supposer n. अनुमाता, कल्पनाशील व्यक्ति, माननेवाला, समझ लेनेवाला।

supposition n. उपकल्पना, अनुमान, मानना, अटकल, अन्दाज; विचार, समझ।

suppositional a. काल्पनिक, कल्पित, अनुमेय, आनुमानिक, अनुमान-विषयक, कल्पना-सम्बन्धी, अटकलका।

suppositious a. काल्पनिक, कल्पित, अनुमित, फर्जी।

supposititious a. कृत्रिम, कपट, कूट, कल्पित, झूठा, बनावटी, जाली, नकली (~ *child, writings*)।

supposititiousness n. कृत्रिमता, कपटरूप, कूटपन, जालीपन, नकलीपन।

suppositive a. कल्पित, अनुमानित, कल्पनाशील, अनुमानशील, अटकल किया हुआ, समझा हुआ।

suppository n. (चिकित्सा०) गुह्य वर्ती, पाखाना करानेके लिए गुदामें रखी जानेवाली बेजलीनकी बत्ती।

suppress v.t. (विद्रोह, बगावत, आन्दोलन, विद्रोही आत्मा, समुद्री डाका, डाकू, मठ आदिको) नष्ट करना, दमन करना, अन्त कर देना, समाप्त कर देना, मिटा देना, बन्द करना, रोक देना, दबाना, कुचल डालना; (आर्तनाद, भावनाओं, जम्हाई, नाम, पुस्तक, प्रमाण, तथ्यको) नियन्त्रित करना, संयत करना, निवारण करना, वशमें रखना, प्रकाशित न होने देना, प्रकट न करना, प्रतिबन्ध लगाना, दबा लेना, रोक लेना, बन्द करना, छिपा लेना, छपने न देना, जाहिर न होने देना, जब्त कर लेना।

suppressed a. दमित, निगृहीत, विलोपित, अप्रकाशित, बाधाप्राप्त, दमन किया हुआ, दबाया हुआ, रोका हुआ (~ *measles*); अधिच्छादित, छाया हुआ, दबा-दबा (~ *seedlings*)।

suppressible a. निग्रहणीय, दमनीय, बन्द करने योग्य, दबाने योग्य; प्रतिबन्ध लगाने योग्य; विलोप्य, गोपनीय, छिपाने लायक।

suppression n. दमन, निवारण, निरोध, निग्रह, संयम, निग्रहण, नियन्त्रण, नियमन, स्तम्भन, विलोपन, रोध, दबाव, जब्ती; गोपन, छिपाव।

suppressive a. दमनकारी, सन्निरोधी (~ *therapy*); गोपनकारी, विलोपनसील, छिपानेवाला।

suppressor n. दमनकर्त्ता, निगृहीता, दमनकारी व्यक्ति, निग्रहकर्त्ता, निरोधकर्त्ता, प्रतिबन्धक, निग्रही, दबानेवाला; गोपनकर्त्ता।

suppurant a. = SUPPURATIVE.

suppurate v.t. पूयोत्पादन करना, पीप पड़ना, (घावका) पकना।

suppuration n. संपूयन, सपूयत्व, पूयसंचय, पूयोत्पत्ति, सपूयता, पीप आना, पीप।

suppurative a. पूयज, पूयोत्पत्तिकारक, पूयवर्धक, पीप लानेवाला।

supra-angular a. उपरिकोणीय (~ *bone*)।

supra-intestinal a. अन्त्रोपरि, आँतोंके ऊपरका (~ *vessel*)।

supra-mundane a. अपार्थिव, स्वर्गीय, पारलौकिक, संसारके ऊपरका।

supra-renal a. वृक्कोपरि (~ *gland*)।

supremacy n. आधिपत्य, स्वाम्य, सर्वोपरिता, अतिसर्वता, परमेष्ठिता, परमशक्तिमत्ता, प्राधान्य, श्रेष्ठता, सर्वोच्चता, सरदारी, बड़ाई, अहमियत।

supreme a. सर्वोत्कृष्ट, सर्वश्रेष्ठ, सर्वप्रधान, सर्वोच्च, सर्वोपरि, प्राधिकार या पदमें सबसे बड़ा; महत्तम, महानूतम, परम, सर्वाधिक, सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण, सबसे ज्यादा अहम, सबसे ऊँचा, सबसे बड़ा (~ *wisdom, courage*, etc.); उच्चतम, सर्वमान्य (*the ~ test*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

of fidelity); S~ Court सर्वोच्च या उच्चतम न्यायालय; the S~ Being ईश्वर।

surah n. रेशमी कपडा, टसर, सुरा।

surat n. सूरतका कपड़ा, छींट।

surcease १. n. (प्रा०) निवृत्ति, विराम, गतिरोध, समाप्ति, खात्मा, रुकाव; २. v.i. निवृत्त होना, निरस्त करना, शेष होना, समाप्त होना, बन्द हो जाना, रुकना, खत्म होना।

surcharge १ n. अधिभार, अत्यधिक या अतिरिक्त बोझा या भार, भरतीका बोझा; अधिभाटक, अतिरिक्त कर, अधिक किराया या भाड़ा या महसूल, ज्यादा रकम; करयोग्य सम्पत्तिका गलत हिसाब देनेके दण्डमें लगाया गया जुरमाना; आवश्यकतासे अधिक शक्ति, विद्युत् आदिका प्रदाय या सप्लाई; लेखेकी भूल दिखाना (जो जमा-खातेमें लिखा जाना चाहिए); भरनी, सरकारी लेखेकी रकम (जो लेखापरीक्षक द्वारा पारित न हो और जिसे उससे सम्बन्धित व्यक्तिको भरना पड़े); ऊपरी ठप्पा (जो डाकके टिकटपर मूल्यके बदलनेके लिए लगाया जाता है); २. v.t. बहुत बोझिल करना, बहुत अधिक बोझ लाद देना, भरना; (करनिर्धारक का) विशेष कर लेना; (लेखापरीक्षक द्वारा) अपारित धनका वसूल करना, भरनी वसूल करना; करयोग्य सम्पत्तिके गलत हिसाब देनेपर किसी व्यक्तिपर जुर्माना लगाना; लेखेमें जमा-खातेकी भूल दिखाना; आवश्यकतासे अधिक तर करना या भिगोना।

surcharged a. अतिभाराक्रान्त।

surcharger n. अधिभारक व्यक्ति, बोझ लादनेवाला आदमी; अर्थदण्डयिता, सरकारी चार्ज करनेवाला।

surcingle १. n. घोड़ेका बालातग, काठी बाँधनेका पट्टा, कोतलकश; पेटी. (विशे०) पादरियोंके चोगेके नीचेके तंग कपड़ेकी पेटी; २. v.t. घोड़ेपर बालातग कसना, पेटीसे कम्बल आदिको कसना।

surcoat n. (इति०) वर्मके ऊपर स्थित परिच्छद, कवचके ऊपर पहननेका लबादा; १५वीं-१६वीं सदीका स्त्रियोंका सलूका या जैकेट।

surd १. n. करणी, करणीगत राशि; श्वासोच्चारित या अघोष व्यंजन या व्यंजनात्मक ध्वनि; २. a. मौलिक, (गणित) करणीगत, करणीघटित; (ध्वनि०) अघोष, श्वासोच्चरित, साँससे बोला हुआ (न कि आवाजसे)।

surdation n. अघोषण, श्वासोच्चारण।

surdity n. करणीत्व; अघोषता।

surdomutism n. गूँगा-बहरा होना।

sure १. a. अमोघ, अचूक, अवश्यम्भावी (*there is only one ~ way*); विश्वसनीय, विश्वासी, विश्वासके योग्य, भरोसेका, यकीनके लायक (*put it in a ~ place; sent it by a ~ hand*); निर्भ्रान्त, निस्संशय, संशयहीन, निश्चित, स्थिर, दृढ़निश्चय, दृढ़, पक्का, सन्देहशून्य, विश्वासयोग्य, विश्वासी, भरोसा करनेवाला, यकीन करनेवाला (*are you ~ ?*); स्थिर, नियत, निश्चयात्मक, निश्चित, असन्दिग्ध, विश्वस्त, पक्का, भरोसेका (*is ~ to turn out well*); बिल्कुल सच, असन्दिग्ध रूपसे सत्य, सच्चा, बिल्कुल सही, ठीक ठिकानेका (*one thing is ~*); अचूक (*a ~ shot*); २. adv. (बोल०, अमरीकामें) असन्दिग्ध रूपसे, बिना किसी सन्देहके, बिला शक (*it ~ was cold*); निश्चित रूपसे (*as ~ as eggs is eggs, as ~ as a gun*); ~ card अवश्यम्भावी योजना; ~ fire ⊙ अचूक निशाना; ~-footed स्थिरचरण, दृढ़चरण, कदमका सच्चा; (ला०) दृढ़चित्त, अटल; *a ~ draw* लोमड़ीके छिपनेकी आड़; सफल उक्ति; *make ~* निश्चित करना, पक्का करना, किसी इच्छित बातको पूरा करनेके लिए प्रयत्न करना; *make ~ of* सत्य स्थिर करना, सत्यकी स्थापना करना, घटनाका निश्चय करना, भरोसा कर लेना, पक्का करना; *~ enough* सचमुच।

sureness n. दृढ़ता, निर्भ्रान्तता, संशयहीनता, निस्संशयता, पक्कापन; अमोघत्व, अवश्यम्भाविता, विश्वास, सुरक्षा, निर्भयता; निश्चयात्मकता, असन्दिग्धता; सत्य, सचाई, यकीनी होना।

surety n. (प्रा०) निश्चयता, निश्चय, यकीन; (अब क०) प्रतिभूति, जमानत, मुचलका, जमानतके रूपमें रखी जानेवाली वस्तु; प्रतिभू, बन्धक, जामिन, जमानत देनेवाला; *of a ~* निस्सन्देह, निश्चित रूपसे, सचमुच; *stand ~* जमानत देना, मुचलका देना, जामिन होना।

suretyship n. प्रतिभूत्व, प्रतिभूति, जमानत।

surf १. n. हिल्लाल, उग्र तरंग, लहर, फेन सहित उग्र लहरें; कल्लोल; २. v. i. खेल-खेलमें पटियोंपर बैठकर समुद्रके साथ बहना; ~-boat समुद्रकी तरंगोंपर तैरनेवाली नाव; ~-riding समुद्रकी लहरोंमें पटियोंपर बैठकर तैरनेका खेल;

~-battered, ~-bird, ~ board, ~-bound, ~man, ~-torn, ~-washed, ~-worn.

surface १. n. बाह्य रूप, बाह्याकार, पृष्ठदेश, पीठ, ऊपरी रूप, तल रूप, तल, भूतल, सतह, किसी पदार्थका बाहरी हिस्सा (*has a smooth, uneven, ~*); (ला०) बाह्य दृष्टिकोण, ऊपरी विचार, सतही पहलू (*looks only at the ~ of men and things*); (गुण०) तलीय, बाहरी, ऊपरी, सतही (*~ impressions*, etc.); समुद्रकी ऊपरी सतह (*~ mail*); (रेखा०) तल, सतह; २. v.t. & i. (कागज आदिको) तलयुक्त बनाना, विशेष तल रखना; (पनडुब्बीको) समुद्री तलपर लाना, ऊपर लाना; (पनडुब्बीका) तलपर उठ आना; plane ~ सम तल, एक-सी सतह; ~ cooler तल-शीतक; ~ heater तल-तापक; ~-man रेलपथ-प्रबन्धक, रेलपथ-रक्षक, रेलके मार्गोंकी व्यवस्था करनेवाला; ~-tension तलोत्तेजना, सतही तनाव (जो तरल पदार्थमें होता है जिससे बुलबुले और बूंदें बन जाती हैं); ~-water तलवर्ती जल, सतही पानी, कुछ देर तक सतहपर रहकर फिर बह जानेवाला पानी;

~ area, ~ catalysis, ~ catalyst, ~ channel, ~ collection, ~-colour, ~ cover,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ covering, ~ cracking, ~ craft, ~ currents, ~ damage, ~ density, ~ drain, ~ drainage, ~-dressing, ~ effects, ~ energy, ~ erosion, ~ evaporation, ~ extent, ~ fire, ~ integral, ~ layer, ~-living, ~-mail, ~ molecule, ~ printing, ~ rent, ~ right, ~ run off, ~ ship, ~ soil, ~ strain, ~ stream, ~ tension apparatus, ~ transport, ~ wessel, ~ view, ~ wind.

surfaced a. तलयुक्त, सतहवाला।

surfeit १. n. अतिभोजन, अतिपान, खाने-पीनेमें अति या ज्यादती; अतिभोजन-जनित अरुचि या कष्टबोध, अतितृप्ति, अतिपूरण, अजीर्ण, अघाई, अफरा, अफराई, अघाव; २. v.t. & i. अपरिमित आहार करना, इच्छासे भी अधिक खाना या खिलाना, अतिभोजन या अतिपान करना, अतितृप्त होना, कोई वस्तु आवश्यकतासे अधिक पिला देना, हदसे ज्यादा पिला देना या पी लेना, छका देना, अघा देना, अफरा देना, छक जाना, अघा जाना, अफरा जाना।

surfeiter n. घस्मर, बहुभुक्, अतिभुक्, अतिभोजी व्यक्ति, भुक्खड़ आदमी, पेटू आदमी।

surfy a. समुद्र-तटपर टकरानेवाली तरंगोंवाला, समुद्री फेनसे भरा हुआ।

surge १. n. वीचि, ऊर्मि, तरंग, कल्लोल, हिलोर, लहर, मौज; भावना, भावुकता; तरंगायित गति, उभार, चढ़ाव, उमड़न; २. v. i. (समुद्रका) तरंगायित होना, तरंगित होना, उद्वेलित होना, लहरें मारना, लहरें लेना, हिलोरें लेना, मौजें मारना, लहराना, चढ़ना, उमड़ना, बहना, लहलहाना; समुद्रकी लहरोंकी भाँति उमड़ना; (नौवि०, भारोत्तोलक या वजन उठानेकी मशीनपरकी रस्सी या जंजीरका) झटकेके साथ पीछे फिसलना, पीछे रिपटना; (पहियेका) रेल या सड़कपर बिना आगे बढ़े घूमना, चक्कर काटना।

surgent a. ऊर्मिल, तरंगित होनेवाला, उमड़नेवाला।

surgeon n. शल्यकार, शल्यशास्त्री, शल्यचिकित्सक, शल्यवैद्य, शल्य-चिकित्सा-पटु, शस्त्रचिकित्सक, शस्त्रवैद्य, चीर-फाड़ करनेवाला डाक्टर, जर्राह, सर्जन (*civil, military, ~*); (पहले प्रयुक्त) औषधविक्रेता, सामान्य वैद्य, हकीम, तबीब; समरविभागका चिकित्सक, नौसेना या स्थलसेना या सैन्य-चिकित्सालयका चिकित्सा-अधिकारी;

~ fish, ~'s duty room, ~'s examination room, ~'s room.

surgeoncy n. शल्यशास्त्री-पद, शल्यचिकित्सक-पद, शल्यवैद्य-पद, सर्जनी।

surgery n. शल्यचिकित्सा, शल्य, शल्यशास्त्र, शल्य-तन्त्र, शल्यविद्या, शल्यकर्म, शस्त्रचिकित्सा, जर्राही, जर्राहीका काम; शल्यचिकित्सा-कक्ष, अस्त्रोपचार-कक्ष, सर्जनका कमरा; conservative ~ संरक्षात्मक शल्य-चिकित्सा (जिसमें अंगच्छेद नहीं किया जाता है)।

surgical a. शल्यचिकित्सकीय, शल्यशास्त्रीय, शल्य-चिकित्सा-विषयक, शल्योपयोगी, जर्राहीका, जर्राहका (~ *instruments, skill*); शस्त्रचिकित्सा द्वारा सम्पादित; ~ fever शल्यज्वर, जर्राही या ऑपरेशनका बुखार; ~ treatment शल्यचिकित्सा।

surgy a. = SURGENT.

surliness n. अविनीतता, दुःशीलता, कटुभाषिता, असभ्यता, अभद्रता, रूक्षता, अशिष्टता, कर्कशता, अक्खड़-पन, चिड़चिड़ापन, ऐंठूपन।

surloin n. SIRLOIN.

surly a. अविनीत, दुःशील, कटुभाषी, असभ्य, अभद्र, अशिष्ट, दुष्ट, परुषस्वभाव, रूक्ष, कर्कश, रूखा, अक्खड़, चिड़चिड़ा, ऐंठू, कड़ा, बदमिजाज; अशिष्टताद्योतक; रोषपरवश; ग्लानवदन।

surmaster n. उपाचार्य।

surmisal n. वितर्क, आशंका, शंका, अन्देशा; अनुमान, कल्पना, अटकल, अन्दाजा।

surmise १. n. वितर्क, आशंका, शंका, अन्देशा; अनुमान, कल्पना, अटकल, अन्दाजा; २. v.t. & i. किसीके अस्तित्वमें सन्देह रखना, वितर्क करना, शंका करना; अनुमान करना, कल्पना करना, किसी वस्तुके सम्बन्धमें विचार दौड़ाना, अटकल लगाना, अन्दाजा करना।

surmiser n. आशंकक व्यक्ति, शंकालु व्यक्ति, अन्देशा करनेवाला आदमी; अनुमेता, कल्पनाशील व्यक्ति, अटकलबाज, अन्दाज करनेवाला।

surmount v.t. (कठिनाई, रुकावटका) उल्लंघन करना, अतिक्रम करना, जय करना, जीत लेना, पार करना, सर कर लेना, फतह कर लेना; मस्तक आच्छन्न करना, शिखरको आच्छादित करना, ऊपर चढ़ना, चोटीपर होना, चोटी ढँक लेना (*peaks ~ed with snow*)।

surmountable a. उल्लंघनीय, अतिक्रमणीय, जेय, पार करने योग्य, जीतने या सर करने लायक।

surmountableness n. उल्लंघनीयता, अतिक्रमणीयता, जेयता, पराजित होनेकी योग्यता।

surmounter n. उल्लंघयिता, अतिक्रान्ता, जेता, पराजेता।

surmullet n. लाल रंगकी एक समुद्री मछली।

surname १. n. उपनाम; उपाधिनाम; वंशनाम, गोत्रनाम, कुलनाम, जाति नाम; पदवी; २. v.t. उपाधिनाम देना, उपाधि या पदवी देना, किसी व्यक्तिका कुलनाम रखना, उपनाम देना।

surnamed a. उपनामसे पुकारा हुआ, कुलनामसे बुलाया हुआ, उपनामका, कुलनामका।

surnominal a. उपनामीय, अधिनाम-विषयक, वंशनामवाला, कुलनाम-सम्बन्धी, पदवीका।

surpass v.t. अतिक्रम करना, पराभूत करना, उत्कृष्टता सिद्ध करना, पीछे छोड़ देना, आगे निकल जाना, आगे बढ़ जाना।

surpassable a. अतिक्रमणीय।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

surpassing a. अतिक्रमणकारी, परमोत्कृष्ट, श्रेष्ठ, बढ़कर, ऊपर।

surpassingness n. अतिक्रमणकारिता, परमोत्कृष्टता, श्रेष्ठता, बढ़कर होना, ऊपर होनेकी स्थिति।

surplice n. (ईसा०) पादरीका परिच्छद, पुरोहितका ऊपर पहननेका ढीला पूरी बाँहोंका सफेद कपड़ेका लम्बा जामा; ~ choir उपर्युक्त जामा पहननेवाला गायक-दल; ~-fee (विवाह, मृत्यु-संस्कार आदिके लिए) पादरी-को दी गयी दक्षिणा या दान।

surpliced a. उपर्युक्त जामा पहननेवाला, सरप्लिस-धारी।

surplus n. आधिक्य, उद्वर्त, अतिरिक्त भाग, अतिरेक, शेष, बचत, बढ़ती, बेशी, जायद मिकदार; (गुण०) अतिरिक्त, अधिशेष, अधिक, फालतू (~ *population*); ~ amount, ~ area, ~ block, ~ budget, ~ coins, ~ collection, ~ copies, ~ demand, ~ discharge, ~ energy, ~ income, ~ labour, ~ produce, ~ profits, ~ stock, ~ value, ~ votes.

surplusage n. = SURPLUS.

surprisal a. अवस्कन्द, सहसा आक्रमण; चमत्कार, आश्चर्य, आश्चर्यजनक कार्य, विस्मयकारी क्रिया, हैरत, हैरानी।

surprise*, surprize ⊙ १. nn. सहसाक्रम, आकस्मिक या हठात् आक्रमण, व्यक्तियोंको अचानक धर पकड़नेकी क्रिया, बेखबरीमें आ लेना या धर दबाना (*the fort was taken, the truth must be elicited, by* ~); विस्मय, चमत्कृति, चमत्कार, आश्चर्य, अकुलाहट, हैरानी*, घबराहट, अचम्भा, अचरज*, ताज्जुब (*his* ~ *was visible*); आश्चर्यजनक बात, विस्मयकारी घटना, अचरजकी बात (*was a great* ~ *to me*); २. vv.t. सहसा आक्रमण करना, अकस्मात् टूट पड़ना, धर लेना, अचानक आ पहुँचना, बेखबरोंपर हल्ला बोलना (~*d him in the act*); आश्चर्यान्वित करना, आश्चर्यचकित करना, विस्मयाकुल करना, विस्मयमें डाल देना, विस्मित करना, अचम्भित करना, हतबुद्धि करना, हैरान करना, चकरा देना, हैरतमें डाल देना (*should you be* ~*d to learn—?*); अपने आचरण या क्रिया या कार्यसे किसी व्यक्तिको विस्मयाभिभूत करना, व्यग्र बनाना, उत्सुक बनाना, अकुला देना, परेशान करना, घबरा देना (~*d me into rudeness, consent, dropping the reins*); ~ packet अचम्भेका पुड़ा, हैरतका पैकेट (जिसमें अनपेक्षित वस्तुएँ भरी हों); (ला०) अप्रत्याशित वस्तु; अनपेक्षित वस्तु; ~ visit असूचित या अप्रत्याशित निरीक्षण, सहसा निरीक्षण, अचानक जाँच करने आना, असूचित भेंट; *to my great* ~ मेरी आशाओंके प्रति-कूल, अचानक ही।

surprised, -z- a. विस्मित, साश्चर्य, चकित।

surprising a. विचित्र, अद्भुत, आश्चर्यजनक, विस्मय-कारी, हैरान करनेवाला।

surprisingness n. विचित्रता, अद्भुतता, आश्चर्य-जनकता, विस्मयकारिता; आश्चर्य, हैरानी।

surra, surrah n. परिक्षय, क्षयरोग, सूरा, सूखा रोग।

surrealism n. अतियथार्थवाद, (बीसवीं शताब्दीका कला और साहित्यका एक आन्दोलन)।

surrealist n. & a. अतियथार्थवादी।

surrealistic a. अतियथार्थवादी।

surrebut v. i. प्रतिप्रत्युत्तर देना वादी द्वारा तीसरी बार अपना पक्ष निवेदन करना, (वादीका) प्रतिवादीके तीसरे जवाबका उत्तर देना।

surrebuttal n. पक्ष-प्रतिपादन, प्रतिप्रतिपक्ष-निवेदन।

surrebutter n. वादी द्वारा अन्तिम पक्ष-प्रतिपादन, पक्ष-निवेदन।

surrejoin v.i. (कानून) प्रत्युत्तर देना, जवाब देना।

surrejoinder n. प्रतिप्रत्युक्ति, प्रत्युत्तरवादी द्वारा तीसरी बार पक्ष-निवेदन।

surrender १. n. उत्सर्ग, समर्पण, प्रदान, अध्यर्पण, उत्सर्जन, परित्याग, त्याग, सौंपना, वापसी; आत्मसमर्पण, पराजय-स्वीकरण; प्रणति, अधीनता-स्वीकरण, सिपुर्दगी, हिरासत; २. v.t. & i. उत्सर्ग करना, स्वत्व त्यागना, अर्पण करना, समर्पण करना, समर्पित करना, त्याग करना, दूसरेको दे देना, दे डालना, सौंप देना, सुपुर्द करना, दूसरेके अधिकारमें दे देना, अधिकार छोड़ देना, दूसरेके हवाले करना (~ *office, privilege*); अध्यर्पित करना, आत्मसमर्पण करना, प्रतिरोध न करना, अधीन हो जाना, शरण लेना, दब जाना, झुक जाना, लड़ाई बन्द कर देना; (गढ़ी, जहाज, सेना या सेनापति का) आत्मसमर्पण करना, शत्रुके सामने समर्पण करना, पराजय स्वीकार करना, शस्त्रत्याग करना, हथियार डाल देना, हार मानना; भावनाके वशमें होना, प्रभावमें आना, किसी आदतसे बँध जाना, आदी हो जाना, असरमें आ जाना; ~ value अध्यर्पण-अर्हा, समर्पण-मूल्य, वापसी मूल्य; ~ *to* one's *bail* जमानतसे छूटनेके पश्चात् न्यायालयमें उपस्थित होना।

surrenderee n. अध्यर्पिती, अध्यर्पित व्यक्ति, सिपुर्द-दार, व्यक्ति जिसे सिपुर्द किया जाय।

surrenderor, -rer n. अध्यर्पयिता, अध्यर्पक, अर्पित करनेवाला।

surreption n. चौर्य, चोरी।

surreptitious a. अन्तःक्षिप्त, प्रच्छन्न, गोपनीय, गुप्त, अप्रकट, चोरीसे किया हुआ, चोरी छुपेका, झूठा, चोरी-का, खुफिया, लुका-छिपा (~ *inspection*)।

surrey ⊙ n. (pl. -*s*) बग्घी।

surrogate १. n. उपधर्माध्यक्ष, प्रतिनियुक्त, प्रतिपुरुष, प्रच्छन्न प्रतिनिधि, सहायक, पेशकार; २. v.t. प्रति-नियुक्त करना।

surrogateship n. प्रतिनिधित्व, उपधर्माध्यक्ष या उसके प्रतिनिधिका पद या अधिकार।

surrogatum n. स्थानापन्न व्यक्ति।

surround १. n. (कालीन, दरी आदिके) चारों ओर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

दीवालों तक बिछा हुआ बिछावन, फर्श; २. v.t. वलयित करना, वेष्टन करना, परिवेष्टित करना, परिवृत्त करना, आवृत्त करना, परिवारित करना, परिक्रमा करना, चारों ओरसे आना, घेरा डालना, आ घेरना, घेरना, अहाता बना लेना (*~ed with* or *by*)।

surrounding a. प्रतिवेशी, परिवर्ती, परिवारी, पास-पड़ोसका, आसपास (*~ ground*)।

surroundings n. (pl.) संवलन, परिवेष्टन, प्रतिवेश, परिवेश, परिपार्श्व, पारिपार्श्विक अवस्थाएँ, परिस्थितियाँ, आसपासका वातावरण, पास-पड़ोस (*cultured ~*)।

surtax १. n. अतिरिक्त कर, उपरिकर, जायद टैक्स; २. v.t. अतिरिक्त कर लगाना।

surtout n. (अब क्व०) उत्तरीय वास, ऊपर पहिननेका ढीला कोट, ओवरकोट।

surveillance n. तत्त्वावधान, अवेक्षण, संनिरीक्षण, देखरेख, निगरानी, चौकसी, रखवाली, नजर।

survey[1] n. (किसी वस्तुकी अवस्था, आकार आदिका) सर्वेक्षण, निरीक्षण, परीक्षा, सविशेष दृष्टि, आँच, पड़ताल; आपरीक्षण या पड़तालका विवरण; पर्यालोकन, दृष्टिक्षेपण, सामान्य दृष्टिकोण, नजर डालना; मापन, भूमिति, परिमापन; क्षेत्रमाप; क्षेत्रमाप-विभाग, भूमापन-विभाग, परिमाप-विभाग, जमीनकी पड़ताल या पैमाइशका विभाग; क्षेत्र-मानचित्र, पड़ताल या पैमाइशका नकशा;

~ alignment, *~* appliances, *~* book, *~* boundary mark, *~* chain, *~* clerk, *~* compass, *~* data, *~* draftsman, *~* fees, *~* field mark, *~* line, *~* map, *~*-mark, *~* number, *~* officer, *~* pillar, *~* range, *~* report, *~* scheme, *~* sheet, *~* station, *~* unit.

survey[2] v.t. सर्वेक्षण करना, आपरीक्षण करना, पर्यालोकन करना, मनोयोगपूर्वक दर्शन करना, सामान्य आकार-प्रकार समझ लेना, सामान्य धारणा बनाना, एक दृष्टिमें देख जाना, सरसरी तौरसे देखना, नजर डालना, देखना, पड़ताल करना; (इमारत आदिका) निरीक्षण करना, बातोंकी जाँच करना, मामलेकी पड़ताल करना; भूमापन करना, परिमापित करना, क्षेत्रमिति तैयार करना, जमीनकी पड़ताल करना, मापना, पैमाइश करना।

surveying n. परिमापन, भूपरिमाप, भूमापन, भूमिति, क्षेत्रमाप, पैमाइश; सर्वेक्षण, पड़ताल।

surveyor n. सर्वेक्षक, पर्यवेक्षक, आपरीक्षक, वीक्षक, पर्यालोचक, परिदर्शक; परिमापक, क्षेत्रमापक, भूमापक, पड़ताल या पैमाइश करनेवाला अफसर (*~ of weights and measures*); भूमापक, व्यावसायिक रूपसे भूमापनका कार्य करनेवाला, पैमाइश करनेवाला, अमीन पैमाइश; माप-तौलकी पड़ताल करनेवाला।

surveyorship n. परिमापक या भूमापकका पद, भू-मापकत्व, सर्वेक्षकत्व, पर्यवेक्षक या आपरीक्षकका पद।

survival n. अतीतका स्मृतिचिह्न व्यक्ति या पदार्थ, यादगार; उद्वर्त्तन, उत्तरजीविता, अतिजीवन, अनुजीवन, बचा रहना, बादकी जिन्दगी, जीता बचना, *~ of the fittest* बलिष्ठ-अतिजीविता, योग्यतम की जय।

survivance n. उत्तरजीविता, अतिजीविता, अतिजीवन।

survive v.t. & i. अस्तित्व बनाये रखना, विद्यमान होना, अभी भी जीवित होना, बचा रहना, टिका रहना, जीते जाना (*~ all perils*); अपेक्षाकृत अधिक समयतक जीना, उत्तरजीवी होना, (किसीके) मर जानेके बादतक जिन्दा रहना, (-के पश्चात्) जीवित बचा रहना, बीचसे जीवित निकल आना, (*~* one's *children*)।

surviving a. शेष, अवशिष्ट, अतिजीवी, उत्तरजीवी (*~ children*)।

survivor n. उत्तरजीवी, अपेक्षाकृत दीर्घजीवी, पश्चाज्जीवी, अनुजीवी, अतिजीवी, बचा रहनेवाला।

survivorship n. उत्तरजीविता, पश्चाज्जीवित्व, पश्चाज्जीवन, अतिजीविता, उत्तरजीवन।

suscept a. रोगग्राही, आग्राहक।

susceptance n. आग्रहण, रोगग्रहण।

susceptibility n. अनुभवक्षमता, ग्रहणक्षमता, ग्रहणशीलता, आग्राहिता, अरोधता, प्रभावग्रहणशीलता, पात्रता, योग्यता; तीव्रानुभूतिशीलता, संवेदनशीलता, आशुप्रभाव्यता, सुप्रभाव्यता, भावुकता, शीघ्रमनोविकारिता, नाजुकमिजाजी, चिड़चिड़ापन; (प्रायः pl.) व्यक्तिके स्वभावके मर्मस्थल, ममबिन्दु, मर्म, भावनाएँ।

susceptible a. सम्भाव्य, होनेवाला, गुंजाइश या क्षमता रखनेवाला (*passage is ~ of another interpretation*); अनुभवक्षम, संवेदनशील, ग्रहणशील, ग्रहणक्षम, आग्राही, प्रभावग्रहणशील, सुप्रभाव्य, पात्र, योग्य, गमनीय, नाजुक, असरमें आनेवाला (*very ~ to pain, injury, kindness, female charms*); तीव्रानुभूतिशील, संवेदनक्षम, भावुक, शीघ्रमनोविकारी, अनुरागी, चिड़चिड़ा, तुनुकमिजाज।

susceptibleness n. = SUSCEPTIBILITY.

susceptive a. भावुक, भावप्रवण, अनुभूतिप्रवण, संवेदनशील, ग्रहणक्षम, आग्रहणशील (*the ~ faculties, nature*)।

susceptivity n. भावप्रवणता, अनुभूतिप्रवणता, संवेदनशीलता, आग्रहणशीलता।

suscipient[1] n. प्रापयिता, आग्राही, पानेवाला।

suscipient[2] a. प्रापक, आग्रही, पानेवाला।

suscitate v.t. प्रोत्साहित करना, उत्तेजित करना, प्रणोदित करना, उभाड़ना, भड़काना।

susi n. सूती कपड़ा।

suslik n. (रूसी) मूष, मूस।

suspect[1] १. n. शकास्पद या सन्देहभाजन व्यक्ति, आशंक्य व्यक्ति (*political ~s are kept under*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

surveillance); २. a. शंकित, शंकास्पद, आशंक्य, सन्दिग्ध, सन्देहभाजन, शंकापात्र, सन्देहजनक, (*the statement of an interested party is naturally* ~); शंकितापराध।

suspect[2] v.t. अविश्वास करना, आशंका करना, शंका करना, सन्देह करना, संशय होना, शुबहा होना (~ *danger, a plot*); अनुमान करना, सोचने लगना, विचारना, विचार होना, समझना, ख्याल करना (*I* ~ *you once thought otherwise*); भ्रम होना, प्रतीत-सा होना, कुछ-कुछ लगना (*I* ~ *him to be, my brother, a liar, dying*); सन्देहकी दृष्टिसे देखना, सिधाईमें अविश्वास करना, दोषी समझना, अपराधी समझना, ईमानदारीमें सन्देह करना, विश्वास न करना, शुबहाकी नजरसे देखना, शक करना (*I* ~ *him of lying, of deep designs*); अनिश्चित समझना, संशय रखना, गलत समझना, ऐतबार न करना (~ *the authenticity of the evidence*); अपराधकी बू आना।

suspectable a. (क़०) आशंक्य, शंकास्पद, सन्देहास्पद, भ्रान्तिजनक, अविश्वसनीय।

suspected a. सन्दिग्ध, सन्देहयुक्त, अविश्वस्त, संशयित, संशयास्पद (~ *enemy, poisoning*)।

suspectedness n. सन्दिग्धता, सन्देहयुक्तता, सन्देहमयता, अविश्वस्यता, अविश्वसनीयता।

suspecter n. सन्देही व्यक्ति, अविश्वासी आदमी।

suspectful a. सन्दिग्ध, सन्देहयुक्त; सन्देहमय, सन्देही, अविश्वासी।

suspectless a. असन्दिग्ध, असन्देहयुक्त, अनविश्वस्य, अनविश्वसनीय।

suspend v.t. कुछ समयके लिए स्थगित या निष्क्रिय रखना, अनिश्चित रखना, अनिश्चित अवस्थामें छोड़े रहना, फैसला न करना, रोक रखना; विलम्ब करना, देरी करना; स्थगित करना, अस्थायी रूपसे अभिशून्य करना, रद्द करना, बन्द करना; सदस्यतासे निलम्बित करना, च्युत करना, अधिकारच्युत करना, पदच्युत करना, कार्यवंचित करना, निलम्बित करना, निकाल देना, हटा देना (~ *a clergyman*); अधरमें रखना, लटकाना, झुलाना, टाँगना; ~ *payment* दिवाला निकाल देना, दिवालिया हो जाना, ऋण न चुका पाना, कर्ज अदा न कर पाना।

suspended a. स्थगित, लम्बित, निलम्बित (~ *judgment*); लटकता हुआ (*balloon* ~ *in midair*); कार्यवंचित, पदच्युत, मुअत्तल; ~ animation चेतना-शून्य अवस्था, मूर्च्छाकी अवस्था, सकतेकी हालत।

suspender n. अस्थायी रूपसे पदच्युत करनेवाला, मुलतवी करनेवाला; निलम्बनकर्त्ता, विलम्बकर्त्ता आदि (क्रियागत अर्थोंमें); लटकानेवाला, टाँगनेवाला; ~s दो शाखें, टहनियोंका जोड़ा।

suspense n. (क़ानून) निलम्बन, स्थगन, अधिकार आदिकी अस्थायी समाप्ति; अनिश्चयता, अनिश्चितावस्था, अनिश्चय, द्वैधीभाव, विकल्प, द्विविधा, संशय, असमंजस, आशा या प्रतीक्षाकी अवस्था, शशोपंज; ~ account निलम्बित लेखा, उचन्त खाता; *keep* one *in* ~ प्रतीक्षाकी उत्कण्ठामें रखना, उत्सुकताकी अवस्थामें रखना, जिस (बातको सुननेके लिए कोई इच्छुक हो उसे) सुनानेमें देर करना।

suspensibility n. निलम्ब्यता, निलम्बनीयता, अनिश्चेयता, अनिश्चयशीलता, संशय, असमंजसयुक्तता।

suspensible a. निलम्ब्य, निलम्बनीय; अनिश्चेय, अनिश्चययुक्त, संशयशील, असमंजसयुक्त।

suspension n. आलम्बन, निलम्बन, विलम्बन, प्रलम्बन, व्याक्षेप, ढील; स्थगन, निवृत्ति, अस्थायी पदच्युति, मुमत्तली आदि (क्रियागत अर्थोंमें); आलम्ब, लटक, लटकाव, झुलाव;

~ allowance, ~ bridge, ~ colloid, ~ method.

suspensive a. निलम्बमान; अनिश्चित, सन्देहयुक्त, असमंजसशील, सन्दिग्ध, डाँवाडोल।

suspensor n. निष्क्रियकारी वस्तु, अनिश्चयकारी वस्तु, देरी करनेवाली वस्तु; लटकानेवाला।

suspensory a. दुविधापूर्ण, सन्देहजनक, सन्देहपूर्ण, दोलायमान, असमंजस का, टालू; अन्यापेक्षी।

suspicion १. n. अविश्वास, संशय, सन्देह, आशंका, शंका, वितर्क, शक, खटका; सूक्ष्म मात्रा; २. v.t. (बोली०) अविश्वास रखना, सन्देह रखना, शंका करना, शक करना; *above* ~ सन्देहसे परे; *under* ~ सन्दिग्ध।

suspicionless a. विश्वासी, निस्संशय, संशयमुक्त, शंकाशून्य, शंकारहित, सन्देहहीन, सन्देहमुक्त, शक या शुबहासे खाली।

suspicious a. सन्देहप्रवण, अविश्वासी, संशयबुद्धि, संशयालु, शंकालु, शंकाशील, सशंक, सन्देही, (*he became* ~); सन्देहास्पद, शंकात्मक, शंकोत्पादक, सन्दिग्ध, सन्देहात्मक, सन्देहजनक, सन्देहसूचक, सन्देहपूर्ण, सन्देहकारी, शक-शुबहा करनेवाला (*the ignorant are* ~)।

suspiciousness n. सन्देहप्रवणता, सन्देहात्मकता, शंकात्मकता, अविश्वासीपन, संशयालुता, शंकालुता, सशंकता, शंकाशीलता।

suspiration n. उच्छ्वास, दीर्घ निश्वास, उसाँस, लम्बी साँस।

suspire v. i. उच्छ्वास लेना, दीर्घ निश्वास छोड़ना, उसाँस लेना, ठण्डी आह भरना, लम्बी साँस लेना।

sustain v.t. प्रतिपालन करना, पोषण करना, पालन करना, हतोत्साह न होने देना, प्रोत्साहित करना, उत्साह बढ़ाना, बल प्रदान करना, रक्षा करना, जीवित रखना, जिन्दा रखना, जिलाना, टूटने न देना, गिरने न देना, सँभाले रखना, हिम्मत बढ़ाना; स्थिर करना; धैर्यपूर्वक सहन करना, दृढ़तापूर्वक जमे रहना, बिना टूटे

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

हुए डटे रहना, मजबूतीसे टिके रहना, बरदाश्त करना, मुकाबला करना (*~ed the shock of the enemy's cavalry*); भारवहन करना, अवलम्ब देना, सहारा देना, धारण करना, गिरने या धसकने न देना, थामना, बोझा ढोना, उठाना; अनुभव करना,सहना, सहारना, भुगतना, झेलना, खाना (*~ a defeat*); (न्यायालय या अन्य प्राधिकरणका) वैधताको स्वीकार करना या मानना, किसीके पक्षमें निर्णय देना, अनुमोदन करना, समर्थन करना, सही करार देना (*~ the objection, the applicant in his claim*, etc.); (आरोप, सिद्धान्त, वक्तव्य आदिको) प्रमाणित करना, सिद्ध करना, पक्का करना, खड़ा करना, ताईद करना; (भूमिका या पात्रताका) भली भाँति आचरण करना, प्रस्तुत करना, बनाये रखना, अच्छी तरह निभाना, कामयाबीसे अदा करना; (ध्वनि, प्रयत्न आदिको) अविच्छिन्न रूपसे चालू रखना, जारी रखना; ~ing food पौष्टिक भोजन, पुष्टिकारक खाद्य, ताकत देनेवाली खूराक।

sustainable a. वहनीय, भार ढोने योग्य; सहनीय; प्रोत्साहनार्ह, प्रोत्साहनयोग्य; रक्षणीय, पोषणीय; अवलम्बनीय, ढाढ़स देने योग्य, हिम्मत बँधाने लायक; प्रमाणित करने योग्य इत्यादि (क्रियागत अर्थोंमें)।

sustained a. प्रमाणित, सिद्ध; निरन्तर, अविरत, सतत, लगातार (*~ effort*); ~ metaphor सांग रूपक।

sustainer n. वाहक, ढोनेवाला; सहिष्णु, सहनेवाला।

sustainment n. (क्व०) भारवहन; सहनशीलता; प्रोत्साहन, पोषण, अवलम्बन; अनुभव; प्रस्तुतीकरण, प्रमाणीकरण आदि (क्रियागत अर्थोंमें)।

sustenance n. उपजीविका, वृत्ति, भरण-पोषण, पोषण, पुष्टि, रक्षण, प्रतिपालन, पालन, टिकाव, जमाव(अव क्व०) (*given for the ~ of our bodies*); (शा० एवं ला०) मानसिक खाद्य, आध्यात्मिक भोजन; संधृति, पोषकता, पोषक गुण, सत्त्व, जीवनाधार, आहार, भोजन, खूराक (*there is no ~ in it*)।

sustentation n. जीवनरक्षण, भरण-पोषण, धारण, पालन; (अव क्व०) जीवनाश्रय, जीवनाधार, जीविका, अवलम्ब, आहार, भोजन; ~ fund सहायतार्थ निधि।

sustentative a. रक्षणात्मक, पोषण-सम्बन्धी, भरण-पोषणका।

sustention n. भरण-पोषण, रक्षण, पोषण, पालन।

susurrant a. फुसफुसानेवाला, कानाफूसी करनेवाला।

susurration n. फुसफुसाहट, कानाफूसी, सूसूका शब्द।

susurrous a. कानाफूसीवाला, सूसू करनेवाला।

sutler n. सेनाका मोदी, सेनामें खाने-पीनेका सामान बेचनेवाला, लश्करका बनिया।

sutlery n. सेनाके मोदीका काम या उसकी दुकान।

Sutra n. सूत्र; सूत्र ग्रन्थ।

suttee, sati n. सती; सतीप्रथा, सतीदाहप्रथा।

sutteeism n. सतीधर्म, सती प्रथा, सतीदाह।

sutural a. सीमन्तीय, सीवन या सन्धि-सम्बन्धी; घावके टाँकेका।

suturation n. सीवन, घावमें टाँके लगानेकी क्रिया।

tassel[1] n. प्रगुच्छ, गुच्छ, फुँदना, झब्बा; लटकन, झालर; पौधोंका शीर्षभाग, पुंकेसर, पुष्पस्तबक; (पुस्तक-चिह्नवत् प्रयुक्त) फीता;
~ fin, ~ flower, ~ grass.

tassel[2] v.t. फुँदना लगाना, झालर लगाना; गुच्छे बनाना; पौधोंका शिरश्छेदन करना।

tasselled a. प्रगुच्छित, गुच्छित, फुँदनेदार, झालरदार; स्तबकित, पुष्पस्तबकित, फूलके गुच्छेवाला; फीतेदार।

tastable a. आस्वादनीय, सुस्वादु, स्वादिष्ठ, स्वादवाला, जायकेदार, मजेदार।

taste[1]* n. आस्वाद, सुस्वादुता, स्वाद*, रस, जायका, मजा (*~ receptor*); अनुभूति-बोध; (क्व०) आस्वाद-क्रिया, आस्वादन, चखनेकी क्रिया; अभिरुचि, प्रवृत्ति, रुचि, शील, पसन्द, शौक, रुझान (*no ~ for drawing*); सूक्ष्मदर्शिता; सुरुचिपूर्ण कलाकृति।

taste[2] v.t. & i. आस्वाद लेना, स्वाद लेना, चखना, मजा चखना (जैसे, *~ this cheese*); रसानुभूति करना, स्वादानुभव करना, आनन्द लेना, लुत्फ उठाना, मजा उठाना, बरदाश्त करना (*cannot ~ a joke against himself*); अनुभव करना, अनुभूति करना, मालूम करना, आजमाना।

tasteable a. = TASTABLE.

tasteful a. सुरुचिसम्पन्न, सुरुचिपूर्ण, रुचिकर, रोचक; सुस्वादु, सुरस, सरस, स्वादिष्ठ; मनचाहा, दिलपसन्द, मीठा, मजेदार।

tastefulness n. सुरुचिसम्पन्नता, सुरुचिपूर्णता, रुचिकरता, रोचकता; स्वादिष्ठता, सुस्वादुता, स्वाद, स्वादीपन, मजा।

tasteless a. स्वादविहीन, स्वादरहित, नीरस, विरस,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

रसहीन, बेमजा, सीठा, फीका; रुचिबोधमें शारीरिक रूपसे असमर्थ; कलात्मक अभिरुचिरहित; कुरुचियुक्त, सुरुचिहीन, अप्रीतिकर, नापसन्द; जंगली।

tastelessness a. स्वादविहीनता,स्वादराहित्य,नीरसता, विरसता; कलात्मक अभिरुचि-राहित्य; कुरुचियुक्तता, सुरुचिहीनता, अप्रीतिकरता, नापसन्दगी।

taster n. स्वाद लेनेवाला, आनन्द लेनेवाला; (चाय इत्यादिका स्वाद लेनेके लिए नियुक्त) चाखा; (प्रकाशकके यहाँ) पाण्डुलिपि-पाठक, सम्पादक।

tasty a. (बोल०) स्वादपूर्ण, सुस्वादु, स्वादिष्ठ, रुचिकर, मजेदार, स्वादवाला; (अब प्रा०; वस्त्र, सज्जा आदि सम्बन्धी) सुरुचि-सम्पन्न, प्रीतिकर।

tat[1], **tattoo** nn. टट्टू।

tat[2] n. टाट, बोरी।

tat[3] v. i. & t. झालर गूँथना, कसीदेका काम करना।

ta-ta int. (विदाईके समय अंग्रेजी नमस्कार) टा-टा!, विदा।

Tatar दे० TARTAR[2].

Tate Gallery n. टेट गैलरी (लन्दनकी एक चित्रशाला)।

tatter[1] n. (प्रायः pl.) चीवर, चिथड़ा, पुर्जा, धज्जी, चिरकुट, टुकड़ा; खस्ताहाल, चिथड़े-लगा या फटीचर व्यक्ति।

tatter[2] v.t. चिथड़ा करना, पुर्जा करना, धज्जी उड़ाना, टुकड़ा करना।

tatterdemalion n. चिथड़ेदार व्यक्ति, धज्जीदार आदमी, चिरकुटिया व्यक्ति, गुदड़िया व्यक्ति, चिथड़े-लगा व्यक्ति, फटेहाल आदमी, गूदड़।

tattered, tattery aa. जीर्ण, जर्जरित, फटा हुआ, फटा पुराना, चिथड़े-चिथड़े।

tatting n. झालर गूँथनेका काम, गूँथना, कसीदेका काम।

tattle[1] n. बक-बक, बकवाद, गप-शप, बड़बड़ाहट, बक-झक, बकवास, वाही-तबाही बातें।

tattle[2] v. i. & t. बकबकाना, बड़बड़ाना, बकवाद करना, लुतरापन करना, बेसमझे कोई बात कह डालना।

tattler n. बातूनी, बड़बड़िया, बकी, बक-बक करनेवाला, गप्पी, लुतरा; टिटिहरी पक्षी।

tattling[1] n. आख्यान-कथन, गप्प-कथन,कहानी कहना; वाणी-स्खलन, तुतलाना, हकलाना।

tattling[2] a. प्रलापी, बकवादी; तुतलानेवाला।

tattoo[1] n. (सेनामें) दस बजे रातका बिगुल, गजर; *beat the devil's ~* फूहड़पनसे ढोल बजाना।

tattoo[2] v. i. (मेज इत्यादिपर अँगुलियोंसे) खटखटाना, तबला-सा बजाना।

tattoo[3] n. त्वचोत्कीर्णन, गुदना, गोदा (*~ mark*)।

tattoo[4] v.t. त्वचोत्कीर्णन करना, गुदना करना, गोदना, गोदा लगाना।

tattoo[5] n. टट्टू।

tatty[1] n. टट्टी, टाटर, टटिया।

tatty[2] a. उलझा हुआ।

tau n. यूनानी भाषाका अक्षर (T, τ) = t; एतदाकृति मछलियाँ; (गुण०) T की आकृतिवाली वस्तुएँ (जैसे, *~ cross*)।

taught a. अध्यापित, पढ़ाया गया, सिखाया हुआ।

taungya n. वनकृषि, जंगलकी खेती (*~ method*)।

taunt[1] n. उपालम्भ, अधिक्षेप, उलाहना, अवज्ञा, व्यंग्य, भर्त्सना, निन्दा, ताना, मलामत (*endured the ~s of his neighbours*)।

taunt[2] v.t. उपालम्भ करना, उलाहना देना, अवज्ञा करना, व्यंग्य करना, भर्त्सना करना, निन्दा करना, ताना मारना, मलामत करना, चुभती बात करना।

taunt[3] a. (नौवि०, जहाजका मस्तूल) उच्च, दीर्घ, लम्बा, ऊँचा, बुलन्द।

taunter n. उपालम्भयिता, अवज्ञाता, व्यंग्यकर्ता, उलाहना देनेवाला; भर्त्सक, निन्दक व्यक्ति, व्यंग्यकार, ताना मारनेवाला, बुरा-भला कहनेवाला।

taunting a. सोपालम्भ।

taupe n. निपीत, धूसर वर्ण, भूरा रंग।

taupie n. = TAWPIE.

tauriform a. वृषभाकृति, वृषभाकार, बैल-सदृश, बैल-जैसा।

taurine a. वृषी, वृषभीय, वृषभ-विषयक, बैलका।

tauromachy n. वृषभ-संगर, वृषभ-सग्राम, वृषभ-युद्ध, वृषभ-द्वन्द्व, बैलोंकी लड़ाई।

Taurus n. वृषभ, बैल: वृष राशि या नक्षत्र।

taut a. (नौवि०, रज्जु-सम्बन्धी) अशिथिल, कसा हुआ, कड़ा, खिंचा हुआ; दृढ़, मजबूत, तगड़ा; रक्षित, सुरक्षित।

tauted a. = TATTY[2].

tauten v.t. & i. सुगठित करना या होना, तानना, कसना, तनना, दृढ़ करना या होना; मजबूत करना, तगड़ा बनाना या होना; रक्षित करना, सुरक्षित करना, बचाकर रखना, सम्हालना।

tautness n. अशिथिलता, दृढ़ता, तनावट; सुव्यवस्थितता, सुप्रबन्ध, सुनियोजन, अच्छी दशा, चालू हालत।

tautochronous a. वर्णावृत्तिपूर्ण, फिर-फिर उसी रंगका।

tautologic, -al aa. पुनरुक्त, द्विरुक्तिरूप, पुनरुक्ति-सम्बन्धी; रूपान्तरीय, अनुवाद-विषयक।

tautologism n. द्विरुक्तिप्रयोग, पुनरुक्त वाक्य।

tautologist n. द्विरुक्तभाषी, पुनरुक्तिकर्ता, रूपान्तरकार, अनुवादक।

tautologize v. i. द्विरुक्ति करना, पुनरुक्ति करना, रूपान्तर करना, अनुवाद करना।

tautologous a. = TAUTOLOGICAL.

tautology n. द्विरुक्ति, पुनरुक्ति, रूपान्तर, अनुलाप, अनुवाद, एक बातका दूसरे शब्दोंमें दुबारा कथन (जैसे, *arrived one after the other in succession* में)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

tautophony n. ध्वनिद्विरुक्ति, ध्वन्यभ्यास ।

tautosyllabic a. तदक्षर-विषयक, तदक्षर-सम्बन्धी, उसी अक्षरका ।

tavern n. पान्थशाला, पथिकाश्रम, (सार्वजनिक) मद्य-शाला, मदिरालय, शराबखाना, कलवरिया, कलालकी दुकान; ~ keeper कलाल ।

taw[1] n. अण्टा, गोली, गोलियोंका खेल, बिलियर्डका खेल; (अण्टे या बिलियर्डके खेलमें) सीमारेखा, पाला; एक संगमरमर; सफेद चमड़ा, चाबुक, तस्मा ।

taw[2] v.t. चर्मशोधन करना, चमड़ा कमाना ।

tawdriness n. कुरुचिपूर्ण सज्जा, विकृतरुचि सज्जा, भद्दी सजावट; भोंडापन, भद्दापन, फूहड़पन, बेढंगापन ।

tawdry[1] n. अतिप्रदर्शनपूर्ण वेश-भूषा, विकृतरुचि सज्जा, अत्यलंकृत रूप, भद्दा लिबास ।

tawdry[2] a. प्रदर्शनपूर्ण, बहिरुज्ज्वल, कुरुचिपूर्ण, विकृतरुचि, भड़कीला और भोंडा, भद्दा, बेढंगा ।

tawer n. चर्मशोधक, खटीक, चमड़ा कमानेवाला ।

tawery n. चर्मशोध-गृह, वह कारखाना जहाँ शल्कि या कस्सेके बिना चमड़ा पकाया जाय ।

tawniness n. पिंगता, पिंगलता, कपिशता, पीलापन, खाकीपन ।

tawny a. पिंग, पिंगल, कपिश, कद्र, कडार, अवरक्त-पीत, गेहुँवा, चम्पई, खाकी, भूरा ।

tawpie a. & n. विचारहीन (बालिका), मूढ़ (बालिका), मूर्ख (छोकरी), बेवकूफ (लड़की) ।

taws(e) n. (स्काटलैण्डके विद्यार्थियोंपर प्रयुक्त चमड़ेकी) पटकन, कोड़ा, चाबुक ।

tax[1]* n. भाटक, कर*, भाड़ा, महसूल, लगान*, टैक्स; दायित्व, अत्यधिक भार, अत्यधिक श्रम; अत्यधिक माँग; calling ~ जीविका-कर; capitation ~ प्रतिव्यक्ति कर; sales ~ बिक्री-कर; ~-collector, -gatherer कर-समाहर्ता, कर-संग्राहकाधिकारी, वसूलदार; ~-farmer कर-प्रसंवेदक (सरकारसे किन्हीं करोंके संग्रहका ठीका लेनेवाला व्यक्ति); ~-free अकर, करमुक्त (~-*free goods*); ~payer करद, करदाता;

~-bought, ~-burden, ~-collecting, ~-exempt, ~-gathering, ~-laden, ~ legislation, ~ leviable, ~man, ~-paid, ~ payable, ~ payer, ~-revenue, ~-ridden, ~ superintendent, ~-supported, ~-system, ~ title, ~ token.

tax[2] v.t. राजस्व लगाना, कर लगाना, शुल्क लगाना, महसूल लगाना, टैक्स बाँधना; (कर लगानेके लिए) व्यक्तिका नाम दर्ज करना; माँग करना, भार डालना, बोझ डालना, अधिक जोर डालना; परीक्षा या निरीक्षाके बाद) स्वीकृत या अस्वीकृत करना, अभ्यनुज्ञा देना अथवा अमान्य करना; (*with* के साथ) आरोप लगाना, दोष लगाना; ~ *memory* स्मरण करना ।

taxability, taxableness nn. कराधेयता, कर-देयता, करयोग्यता ।

taxable a. आरोप्य, कराधेय, करदेय, करयोग्य, कराधीन;

~ capacity, ~ income, ~ inhabitant, ~ property, ~ value.

taxation n. कराधान, करारोपण, करस्थापन, करवर्ग, करनिर्धारणकी रीति या सिद्धान्त, लगानबन्दी (~ *authority, policy*) ।

taxer n. भाटकग्रहीता, भाड़ा लेनेवाला, महसूल लेने-वाला; करग्रहीता, कराधाता, कर लगानेवाला, कर लेनेवाला, शुल्क लेनेवाला, टैक्स लेनेवाला ।

taxi[1] n. (~*car* भी) भाटकयान, भाड़ेकी मोटरगाड़ी, टैक्सी;

~ auto, ~bus, ~cab, ~man, ~plane.

taxi[2] v. i. & t. टैक्सीमें जाना या ले जाना; (वैमा०, वायुयान या वायुयान-चालकका उड़नेसे पूर्व या पश्चात्) पानी या जमीनपर दौड़ना, मोटरगाड़ीकी तरह चलना ।

taxidermal, taxidermic aa. चर्मसंस्कारीय, चर्मपूरण-सम्बन्धी, प्राणिपूरण-कला-सम्बन्धी (पशुओंकी खालमें भुस इत्यादि भरकर उसे सजीववत् बनानेकी कलासे सम्बन्धित ।

taxidermist n. चर्मसंस्कर्ता, चर्मपूरक, चर्मप्रसाधक, (पशुओंकी खालमें भुस इत्यादि भरकर उसे सजीव-सा बनानेवाला कारीगर) ।

taxidermy n. चर्मसंस्कार, चर्मपूरण, प्राणिपूरण ।

taximeter n. भाटकय.नमापक, टैक्सीमीटर ।

taxin n. (रसा०) तालीशरस ।

taxing १. n. कराधान, कर लगाना, टैक्स निर्धारित करना; २. a. भाररूप, बोझ-सा; अमान्य ।

taxis n. संकर्षण; अभिवर्तन; (प्राणिवि०) वर्गीकरण ।

taxless a. अकर, करमुक्त, राजस्वमुक्त, गैरदस्त, बिना टैक्सका ।

taxonomic, -al aa. वर्गीकरणात्मक, वर्गीकरणीय, वर्गीकरण-विषयक, विभाजन-सम्बन्धी ।

taxonomist n. वर्गीकरणशास्त्री, वर्गीकरण-वैज्ञानिक, विभाजन-विद्यार्थी ।

taxonomy n. वर्गीकरण-शास्त्र, वर्गीकरण-विज्ञान, विभाजन-विद्या, वर्गीकरण-विचार ।

tazza n. पेंदेदार तश्तरी या फूलदान ।

tcheka n. (प्रतिक्रान्तिकारी शक्तियोंके विरुद्ध रूसमें, १९१७ में स्थापित) गुप्त आरक्षक, खुफिया पुलीस ।

tchick n. & v. i. टट्-टट् (करना) ।

te n. स (सप्तम स्वर) ।

tea १. n. चाय, चायका पौधा, चायकी पत्तियाँ; चायकी पत्तियोंका क्वाथ या सत्त्व; (चायकी तरहके) अन्य पौधों-का सत्त्व या जोशाँदा; शामकी चाय; २. v. i. & t. चाय पीना (*we ~ at 4 o'clock*); चाय देना; black, green, ~ काली (भारतीय), हरी (चीनी), चाय; ~-cake चायके साथ खानेमें प्रयुक्त केक; ~-cloth चायका मेजपोश, चायकी प्यालियाँ पोंछनेका कपड़ा; ~-fight (बोल०) चायकी दावत; ~-garden चाय-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

पिलानेका बर्गीचा; ~-kettle⊙ केतली, पतीली; ~-party चायपार्टी, चायपान,चायकी दावत; ~pot चायदानी; ~-rose चायकी तरह सुगन्धयुक्त गुलाबकी कुछ जातियाँ; ~-service, चाय पिलानेका सामान; ~-set चायका सेट; *storm in a ~-cup* भीतरी गड़बड़;
~ cart, ~-chest, ~-coloured, ~-cosy, ~-cup, ~-dealer, ~-gown, ~ green, ~-house, ~ leaf, ~ plantation, ~ seeds, ~ shop, ~-spoon, ~-spoonful, ~-stall, ~-table, ~time, ~-tray.

teach v.t. & i. अध्यापन करना, शिक्षा प्रदान करना, पढ़ाना, सिखाना, सुझाना, बताना (*misfortune has taught him to be patient*); अध्यापक बनना, शिक्षक होना; व्याख्या करना, स्पष्ट करना, मस्तिष्कमें बिठाना।

teachability, teachableness nn. अध्यापनीयता, शिक्षणीयता, प्रशिक्षणीयता, पाठनीयता।

teachable a. अध्यापनीय, शिक्षणीय, प्रशिक्षणीय, पाठनीय, सिखाने योग्य।

teacher n. अध्यापक, प्राध्यापक, मुख्याध्यापक, शालाध्यापक, शिक्षक, गुरु, व्याख्याता, अवबोधक।

teachership n. अध्यापकपद, शिक्षकपद, गुरुत्व।

teaching* n. अध्यापन, प्राध्यापन, शिक्षण*, अवबोधन, सिखाई; उपदेश, शिक्षा, पट्टी, सीख;
~ aids, ~ devices, ~ process, ~ staff, ~ unit, ~ work.

teaey a. चायवत्, चाय-सदृश, चाय-जैसा।

Teague n. (निन्दात्मक) आयरलैण्डी।

teak n. अर्ण, अर्णकाष्ठ, सागौन, सागौनकी लकड़ी, साल;
~ brown, ~ overwood, ~ plantation, ~ plantation technique, ~ regeneration, ~ stumps, ~wood, ~wood plane table.

teal n. (pl. वही) जलकुक्कुटी, पनमुर्गी, मुर्गाबी।

team[1] n. युग्म, नियुत, जोत, जोड़ी; (क्रीड़ा०) दल, टीम; पशुसमूह; वृन्द, झुण्ड, झोल, डार; सहकारिवर्ग, सहकारी व्यक्तियोंका समूह।

team[2] v.t. (घोड़ों इत्यादिको) एक साथ जोड़ना; ठीकेपर उठाना; ~-work सम्मिलित कार्य; ~ *up*⊙ सेनामें शामिल होना।

teaming n. ठीकेपर देनेकी क्रिया।

teamster n. युग्मसारथि, जोड़ी हाँकनेवाला, जोतवान।

teamwise adv. युग्मानुसार, पंक्तिवत्, जोड़ो-जोड़ी; दलबद्ध, टीमके हिसाबसे।

teapoy n. त्रिपाद, त्रिपादी, तिपाई।

tear[1] n. नयनजल, अश्रु, आँसू; अश्रुवत् कोई द्रव, बूँद, कतरा;
~-affected, ~-bright, ~-damped, ~-dewed, ~-dimmed, ~-duct, ~-falling, ~ fault, ~-gas, ~-gland, ~-imaged, ~-kissed, ~-moist, ~-mourned, ~-plagued, ~-shaped, ~stained, ~-wet, ~-worn.

tear[2] n. विदर, भिदा, चीरा, खोंच, खोंचा।

tear[3] v.t. & i. विदारित करना, चीरना, फाड़ना, चाक करना, चिथड़े-चिथड़े करना, अलग-अलग करना (*has torn his coat*); चीरा लगाना, खोंचा लगाना; (शा० एवं ला०) नोच डालना, खसोट डालना, छीन लेना, उखाड़ डालना (~ one's *hair*); विदीर्ण होना, फटना; सवेग दौड़ना, झपटना, तेजीसे चलना, लपकते हुए जाना; झल्लाना, झुँझलाना।

tearer n. विदारयिता, चीरनेवाला, फाड़नेवाला, चाक करनेवाला, चिथड़े करनेवाला।

tearful a. अश्रुपूरित, अश्रुपूर्ण, साश्रु, डबडबाता हुआ, पुरनम, आँसूसे भरा हुआ; शोकपूर्ण, करुण, कारुणिक, दुःखपूर्ण, शोकावह।

tearfulness n. अश्रुसिक्तता, आँसू आना; शोकप्रदता, दुःखपूर्णता।

tearing १. n. पाटन, विभेदन, दारण, चीरना, फाड़ना; २. a. विभेदी, दारण करनेवाला, चीरनेवाला, फाड़नेवाला (क्रियागत अर्थोंमें); उग्र, क्षिप्र, घोर, प्रबल, वेगवान् (~ *pace, rage*)।

tearless a. निरश्रु, अश्रुविहीन, बेआँसू, बेअश्क।

teary a. = TEARFUL.

tease[1] n. बदमाश आदमी, दिल्लगीबाज, शरारती।

tease[2] v.t. चिढ़ाना, छेड़ना, सताना, दिक करना, तंग करना, हैरान करना; अनुनय-विनय करना, पीछे पड़ जाना, जान खाना, सिरपर सवार हो जाना; तूमना, खुरचना, साफ करना, धुनकना; (वस्त्रों इत्यादिका) रोआँ उठाना, रेशे निकालना; सुलझाना, कंघी करना।

teasel[1], **-zel**[1], **-zle**[1] nn. विलायती गोखरू; विलायती गोखरूका गुच्छा; कपड़ेपर रोएँ उठानेकी मशीन।

teasel[2], **-zel**[2], **-zle**[2] vv. t. (विलायती गोखरूसे) कपड़ेपर रोएँ उठाना।

teaseler n. वस्त्र-रोमक यन्त्र, वस्त्र-लोमक यन्त्र, कपड़ेपर रोएँ उठानेकी मशीन।

teaser n. चिढ़ानेवाला, छेड़नेवाला, सतानेवाला, दिक करनेवाला, हैरान करनेवाला, शरारती, दिल्लगीबाज; (बोल०) कठिन समस्या, दुष्कर कार्य, दुःसाध्य वस्तु, पेचीदा काम, कड़ा मामला।

teat n. चूचुक, स्तनाग्र, स्तनरन्ध्र, डेंपुनी, पशुओंका थन, चूचू।

teated a. चूचुक-युक्त, स्तनाग्रवाला, थनका।

teatlike a. चूचुकवत्, स्तनवृत्त-सदृश, स्तनाग्र-सदृश; थनका-सा।

tec n. गुप्तचर।

technic a. & n. पारिभाषिक (शब्द, रीतियाँ, विवरण इत्यादि); औद्योगिक, शिल्पिक।

technical a. प्राविधिक, तकनीकी (*advice, objection*); परिभाषित; पारिभाषिक, शास्त्रीय (~

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

words); प्राविधिक, विधि-विषयक; प्रौद्योगिक, औद्योगिक, व्यावसायिक, शिल्प-सम्बन्धी (~ *education*)।

technicalism n. प्राविधिक शैली, प्राविधिक शैली, शास्त्रीय रीति, तकनीकी ढंग; पारिभाषिकता; प्रौद्योगिकता, औद्योगिकता, व्यावसायिकता।

technicality, technicalness nn. कलाविज्ञता, कलानिपुणता, कलाकारिता, कलासिद्धान्तानुरूपता, कलासम्मतता; पारिभाषिकता, शास्त्रीयता; प्रविधि, कार्य-पद्धति; सूक्ष्मता, बारीकी।

technician, technicist nn. प्रविधिज्ञ, शिल्पी, शिल्पज्ञ, कलानिपुण व्यक्ति, मिस्तरी।

Technicolor n. चलचित्रको रंगीन बनानेकी विधि।

technics n. शिल्पविज्ञान।

technique n. प्रविधि, शिल्पविधि, पद्धति, रीति, शैली, क्रियाशैली, कार्यपद्धति, रचनाप्रणाली, तकनीक; शिल्प-पटुता, यन्त्रचातुर्य, कलापटुता।

technocracy n. प्रौद्योगतन्त्र, उद्योगतन्त्र, व्यावसायिक शासन (वह सरकार जिसमें औद्योगिक उत्पादनको महत्ता दी जाती है)।

technocrat n. प्रौद्योगतन्त्रवादी, उद्योगतन्त्रवादी, व्यावसायिक शासन-समर्थक।

technocratic a. प्रौद्योगतान्त्रिक, उद्योगतन्त्रीय, उद्योग-तन्त्र-विषयक, व्यावसायिक शासन-सम्बन्धी।

technography n. औद्योगिकी, प्रौद्योगिकी, उद्योग-विज्ञान, प्रौद्योग-शास्त्र, व्यवसाय-विद्या।

technological a. प्रौद्योगिक, प्रोद्योगिकीय, प्रावैधिक, शिल्पशास्त्र-विषयक, शिल्पविज्ञान-सम्बन्धी, शिल्पीय (~ *laboratory*)।

technologist n. प्रौद्योगविज्ञ, शिल्पवैज्ञानिक, शिल्प-शास्त्री, शिल्पज्ञ।

technology n. प्रौद्योगिकी, शिल्पशास्त्र, शिल्प-विज्ञान; (मानववंश-विज्ञानकी दृष्टिसे) कलाओंके विकास-का अध्ययन।

technonomy n. औद्योगिकी, उद्योग-विज्ञान, व्यवसाय-शास्त्र; औद्योगिकी-प्रयोग, उद्योग-विज्ञान-प्रयोग, व्यवसाय-शास्त्र-निरूपण।

techy a. दे० TETCHY.

tecnology n. शिशु-विज्ञान, बाल-शास्त्र, शिशु-विद्या, बाल-विद्या।

tecoma n. घटपुष्प।

tectology n. रचनाविज्ञान, निर्माणशास्त्र।

tectonic a. निर्माणात्मक, निर्माण-विषयक, रचना-सम्बन्धी, तक्षणी (~ *earthquake*)।

tectonics n. (pl.) (भूग०) रचिति, संरचनान्तरिकी, निर्माणिकी, निर्माण-विज्ञान, रचनाशास्त्र।

tectorial a. आच्छादी, आवरणकारी, ढकनेवाला; ~ membrane प्रान्तरस्था झिल्ली।

tectrices n. (pl.) पक्षावरण, ओढ़नेके पंख।

ted v.t. (कटी हुई घास इत्यादि) विकीर्ण करना, बिखेरना, फैलाना।

tedder n. विकर्ता, विकीर्ण करनेवाला, बिखेरनेवाला, फैलानेवाला; टेडलर, फैलानेकी मशीन।

Teddy bear n. खिलौना भालू।

tedious a. श्रमावह, क्लान्तिकर, क्लेशदायक, विरक्ति-कर, चिरक्रिय, थका देनेवाला, उबा देनेवाला, नागवार, भारी, उकतानेवाला।

tediousness n. क्लान्तिकरता, क्लेशदायकता, विरक्ति-करता, उबाऊपन, उकताहट।

tedium n. श्रान्ति, परिश्रान्ति, क्लान्ति, श्रमजनकता, उकताहट, थकावट, ऊब।

tee[1] n. T वर्ण; T की आकृतिकी कोई वस्तु (~-*iron*)।

tee[2] n. (खेलोंमें) गेंद मारनेका निशान; (गोल्फ) गेंद मारनेका सूराख, टी; रेतकी ढेरी।

tee[3] v.t. & i. (गेंदको) टीपर रखना, टीसे खेल आरम्भ करना; (ला०) सूत्रपात करना, श्रीगणेश करना, आरम्भ करना, शुरू करना, हाथ लगा देना।

tee[4] n. स्तूप, छतरी, मढ़ी।

teem[1] v.t. & i. ढालना, उँडेल देना; गर्भ धारण करना, जनना, ब्याना, बहुलतासे सन्तान उत्पन्न करना; आकीर्ण करना या होना, समाकुल होना, प्रपूरित करना या होना, प्रचुर होना, उमड़ना, भरना, भरपूर होना (*forests* ~ *with snakes*); बरसना, जोरकी वर्षा होना।

teemer n. (नाव, गाड़ी, गली हुई धातु इत्यादिको) ढालनेवाला, माल उतारनेवाला; उत्पादक; भरनेवाला।

teemful a. परिपूर्ण, प्रपूर्ण, भरापुरा; फलवान्, फल-दायक, उत्पादक, उपजाऊ; बहुप्रसवी, आढ्य, बहुप्रज।

teeming a. आढ्य, उत्पादी, बहुप्रज, बहुप्रसवी; अतिवर्षी, बहुत बरसनेवाला।

teen n. शोक, दुःख, कष्ट, क्लेश, रंज, सदमा; अभाग्य, दुर्भाग्य, मुसीबत; क्षति, हानि, नुकसान।

teens n. (pl.) आयुके १३ से १९ तकके वर्ष (जैसे, *I was still under my* ~); teen-age ⊙ १२ से २० वर्षकी अवस्थाके बीच; teen-ager ⊙ १२ से २० सालके बीचका व्यक्ति।

teeny a. = TINY.

teeter v.t. & i. तिर्यक् करना या होना, तिरछा करना या होना; चालित करना या होना, स्पन्दित करना या होना, झुलाना या झूलना; संकोच करना या होना, हिचकिचाना, डाँवाडोल होना; संकल्पविचलित करना या होना, बहकाना, बहकना।

teeterboard ⊙ n. हेंकुल, लड़कोंका पटरेदार झूला।

teetered ⊙ a. वक्र, टेढ़ा-मेढ़ा।

teeth TOOTH का बहुव०।

teethe v.i. (विशे०) दूधके दाँतोंका निकलना।

teething n. दन्तोद्भेदन, दन्तोद्भेद, दन्तोद्गम, दाँत निकलना।

teethy a. सदशन, सदन्त, दाँतदार, दाँतवाला।

teetotal a. मादक-द्रव्य-विरति-विषयक; मादक-द्रव्य-विरत; मादक-द्रव्य-सेवन-निग्रहका समर्थक (~ *meeting, pledge*)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

teetotalism n. मद्य-परिवर्जन, मादक-सेवन-विरति, मादक-द्रव्य-सेवन-निग्रह ।

teetotaller n. मद्य-परिवर्जक, मादक-पानीय-विरक्त, मादक-द्रव्य-सेवन-निग्रही ।

teetotally adv. पूर्णतः, सम्पूर्णतः, बिल्कुल, पूरी तरहसे ।

teetotum n. लट्टू, फिरकनी, चकई; *like a* ~ चक्कर खाते हुए ।

teg n. एक वर्षसे अधिक और दो वर्षसे कम आयुकी भेड़ ।

tegmen n. (जीववि०) आच्छद, अन्तश्छद, अंगच्छद ।

tegmentum n. आच्छादन, आवरण; त्वचा, त्वक्, चर्म, चमड़ा ।

tegminal a. आच्छादन-विषयक, आवरण-सम्बन्धी; त्वगीय, त्वक्सम्बन्धी, चमड़ेका ।

tegular a. खापर, खपरैलका, खपरैल-जैसा, खप्परवाला, टाइल-का, टाइलवाला ।

tegulated a. अतिच्छादी, उपरिच्छादी, ऊपर छाया हुआ, चढ़ा हुआ ।

tegument n. आच्छद, आच्छादन, आवरण, आवेष्टन, पुट, अन्तरावरण, त्वक्, कवच, छाल, खोल, झिल्ली ।

tegumental, tegumentary aa. आच्छादक, आवरक; आच्छादन-सम्बन्धी, त्वग्विषयक ।

tehee[1] n. टी-ही, ही-ही, खी-खी, हि-हि-ही-ही, खिलखिलाहट, कहकहा ।

tehee[2] v. i. टी-ही करना, ही-ही करना, खी-खी करना, हि-हि-ही-ही करना, खिलखिलाना ।

Teian, Tean a. टियासमें पैदा हुए कवि एनक्रियोनसे सम्बन्धित ।

teind n. (स्काटलैण्डमें) दशमांश कर; धार्मिक दान ।

telaesthesia n. योगदृष्टि, दूरज्ञान ।

telautogram n. पाण्डुलिपि-दूरलेख, हस्तलिपि-टेलिग्राम ।

telautograph n. पाण्डुलिपि-दूरलेख, हस्तलिपिवाला टेलिग्राफ ।

teleceptor n. दूरग्राही ।

telecommunion n. दूर-संचार (~ *equipments*) ।

telegnosis n. कालातीत ज्ञान, दूरबोध, योगदृष्टि ।

telegonic a. दूरसंस्कार-सम्बन्धी ।

telegony n. दूरप्रभाव, पूर्वपुंसंस्कार, (पूर्ववर्ती नरसे उत्पन्न पुत्रोंका पश्चाद्वर्ती नरसे उत्पन्न एक ही माताके पुत्रोंपर परिलक्षित संस्कार) ।

telegram n. दूरलेख, दूर-संवाद, तार, टेलिग्राम ।

telegraph[1] n. तारप्रेषण, तारयन्त्र, दूरलिख, तारबर्की, टेलीग्राफ;

~ authority, ~ blue, ~ department, ~ instrument, ~ lines, ~ mast, ~ material, ~ office, ~ officer, ~ plant, ~ pole, ~ section, ~ station, ~ stores, ~ superintendent, ~ wire.

telegraph[2] v.t. & i. दूरलेख भेजना, दूरसन्देश भेजना, तार देना या भेजना, टेलिग्राम भेजना (~ *to him to come at once*) ।

telegrapher n. दूरसन्देशक, विद्युत्संवाद-प्रेषक, तारबाबू ।

telegraphese n. & a. (दूरलेख या तारमें व्यवहृत) लुप्तपदीय शैली (-विषयक), तारकी शैली (का) ।

telegraphic a. तार-लेख-सम्बन्धी, मिताक्षरीय, मितशब्दीय, संक्षिप्त शैलीका, तारका-सा, तारका;

~ address तारका पता;

~ advice, ~ code, ~ draft, ~ enquiries, ~ expenses, ~ intimation, ~ parts, ~ report.

telegraphist n. = TELEGRAPHER.

telegraphy n. तारप्रणाली, दूरलिखा; दूरलिख-यन्त्र-निर्माण-कला; दूरलेखन, टेलिग्राफी ।

telemechanics n. तारयन्त्रविद्या ।

teleologic, -al aa. औपायिक, हेतुवाद-विषयक, उद्देश्यवाद-सम्बन्धी, हेतुवादी ।

teleologism n. उपायवाद, हेतुवाद, उद्देश्यवाद ।

teleologist n. उपायवादी, हेतुवादी, उद्देश्यवादी ।

teleology n. औपायिकी, हेतुविज्ञान, हेतुवाद, उद्देश्यवाद या सिद्धान्त; मीमांसा, हेतुविद्या ।

teleost n. (जीववि०) अस्थिमीन ।

telepathic a. विचारसंक्रमणात्मक, दूरानुभूति-विषयक, बोधसंवहन-सम्बन्धी, चेतनासंवहनीय ।

telepathist n. विचारसंक्रमण-ज्ञानी, दूरानुभूति-विश्वासी, बोधसंवहन करनेवाला ।

telepathize v.t. & i. विचारसंक्रमण करना, दूरानुभव करना, दूरसंवहन द्वारा प्रभाव डालना, चेतना-संवहन द्वारा विचारविनिमय करना ।

telepathy n. विचारसंक्रमण, दूरानुभूति, बोधसंवहन, चेतनासंवहन, पारेन्द्रिय ज्ञान ।

telephone[1] n. दूरभाष, टेलीफोन, फोन;

~ boy, ~ clerk, ~ company, ~ connections, ~ exchange, ~ line, ~ messenger, ~ operater, ~ receiver, ~ transmitter.

telephone[2] v. i. (दूरभाष द्वारा) सम्भाषण करना, (टेलीफोन द्वारा) बातचीत करना, टेलीफोन करना, फोन करना ।

telephonic a. दूरभाषीय, टेलीफोन-सम्बन्धी फोनका (~ *system*); ~ communication दूरभाषण, टेलीफोनसे बातचीत ।

telephonist n. दूरभाषी, टेलीफोन बाबू ।

telephonograph n. दूरभाष-लिख, दूरभाष-लेखक यन्त्र, टेलिफोनोग्राफ ।

telephony n. दूरभाष-व्यवहार, दूरभाष रीति, टेलीफोन द्वारा सम्भाषण या उसकी रीति ।

telephoto a. = TELEPHOTOGRAPHIC.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

telephotograph n. दूरच्छाया-चित्र, टेलीफोटो।
telephotographic a. दूरच्छायाचित्रण-विषयक, टेलीफोटो-सम्बन्धी; (दूरच्छायाचित्रण-द्वारा) छाया-चित्रित।
telephotography n. दूरच्छायाचित्रण, दूर अक्सी फोटोग्राफी, टेलीग्राफोटोफी।
teleprint v.t. दूरलेखी द्वारा लिखना, दूरमुद्रक द्वारा लिखना, दूरलिख यन्त्र द्वारा मुद्रित करना, टेलिप्रिण्टर द्वारा छापना या (समाचार) भेजना।
teleprinter n. तारलेखी, दूरमुद्रक, दूरलिख यन्त्र, टेलीप्रिण्टर।
telergy n. (मनोवि०) परप्रभावन, प्रभावशक्ति।
telescope[1] n. दूरेक्ष, दूरदर्शक यन्त्र, दूरदर्शी, दूरवीक्षण यन्त्र, दूरबीन, टेलिस्कोप।
telescope[2] v.t. & i. परस्पर धँस जाना, घुस जाना, बैठ जाना; (रेलके टकराते हुए डब्बोंको) एक साथ धकेलना।
telescopic a. दूरेक्षीय, दूरवीक्षणयन्त्रीय, दूरबीनका (~ *glasses*); दूरेक्षवत्, दूरवीक्षण यन्त्र-सदृश, दूरबीनकी तरह।
telescopist n. दूरेक्षण-प्रवीण, दूरवीक्षण-विशारद।
telescopy n. दूरेक्षविद्या, दूरबीनके प्रयोगकी विद्या।
teleseism n. दूरकेन्द्रित भूकम्प।
telesis n. हेतुसिद्धि।
telesthesia n. दूरसंवेद्यता।
televiewer n. दूरवीक्षण संग्राही, टेलीविजन रिसीवर-का प्रयोग करनेवाला।
televise v.t. & i. दूरवीक्षण द्वारा प्रसारित करना, टेलिविजन द्वारा भेजना।
television n. दूरवीक्षण; दूरवीक्षण-यन्त्र, दूरदर्श, टेलिविजन।
televisor n. दूरदर्शित्र, दूरवीक्षणोपकरण; टेलिविजन-मशीन।
telic a. संकल्पात्मक, निश्चयात्मक, सहेतुक।
tell v.t. & i. वर्णन करना, कहना, सुनाना, बयान करना (~ *me a story*); व्यक्त करना, प्रकट करना, समझाना, बताना, बतलाना, (~ *me all about it*); बोलना, मुँहसे निकालना; निश्चय करना, पक्का करना, तय करना, ठहराना; पृथक् समझना, भेद करना; विश्वास दिलाना, भरोसा दिलाना, यकीन दिलाना; प्रभाव दिखाना, प्रभावित करना, असर डालना (*strain began to ~ on him*); गणना करना, गिनना; (~*s over his money every night*); निर्देश करना, आज्ञा देना, जताना, पढ़ाना, हिदायत करना; ~ *off* नियत करना, कामपर लगा देना, लगा देना; भीतरकी बातें प्रकट करना, करतूतें बखानना, खरी-खरी सुनाना; ~ *on* प्रभाव डालना, असर डालना; ~ person *good-bye* ⊙ बिदा होते समय अभिवादन करना; ~ *the tale* (आ०, दुर्भाग्यकी) कहानी गढ़कर सुनाना; ~ *the world* ⊙ स्पष्ट घोषणा करना, खुलेआम मुनादी करना।
tellable a. वर्णनीय, कथनीय, कहने योग्य; निर्वचनीय, अभिव्यंजनीय; निर्धारणीय; विश्वसनीय।
teller n. आख्यायक, कथक, वर्णनकर्त्ता, बतानेवाला; गणक; (बैंक इत्यादिमें) रुपया-पैसा गिननेवाला, करणिक, लेन-देन क्लर्क।
tellership n. मतपत्र-गणकका पद या सेवा; गणकत्व।
telling १. n. कथन, निर्देश, व्याख्या; २. a. प्रभाव-शाली, प्रभावपूर्ण, प्रभावी, फलप्रद, प्रभावोत्पादक, जोरदार, असर रखनेवाला।
telltale n. पिशुन, चुगलखोर; (ला०) आचार-सूचक वस्तु, विचार-सूचक वस्तु, रहस्यसूचक, भेद बतानेवाला; उपस्थिति-सूचक यन्त्र; (नौवि०, पतवारकी) स्थितिको सूचित करनेवाला यन्त्र, वात-देशना (~-*compass* भी)।
tellural a. भौमिक, पार्थिव, भू-सम्बन्धी, पृथ्वी-सम्बन्धी, पृथ्वी-विषयक, जमीनका।
tellurate n. वंगकीय, टेल्यूरेट, दे० TELLURIUM.
telluret, telluride nn. वंगकेय, टेल्यूराइड।
telluretted a. वंगकेयित, टेल्यूरेटिड।
tellurian[1] n. भूवासी, पृथ्वी-निवासी।
tellurian[2] a. भौमिक, भू-सम्बन्धी, पृथ्वी-सम्बन्धी, पार्थिव, जमीनका।
telluric a. वंगकिक, टेल्यूरिक।
tellurium n. (रसा०) वंगक, एक भंगुर चुम्बकीय रजत-श्वेत धातु-तत्त्व, टेल्यूरियम।
telophase n. अन्त्यावस्था, अन्त्य रूप, दूरतम स्थिति।
telotype n. वैद्युद्दूरलिख, दूरमुद्रक यन्त्र, टेलोटाइप; टेलोटाइप-मुद्रित दूरलेख।
telpher १. n. विद्युद्वाहन, बिजलीका छकड़ा; २. v.t. ऐसे छकड़ोंमें माल ढोना; ३. a. ऐसे छकड़ेका।
telpherage n. बिजलीके छकड़ोंद्वारा ढुलाई।
temblor n. भूस्पन्दन, भूकम्प, भूचाल।
temenos n. (यूनानी पुरातत्त्व, pl. *-ne*) मन्दिरकी चारदीवारी या आँगन।
temerarious a. साहसी, दुःसाहसी, असावधान, लापरवाह, दिलेर; अधीर, उतावला; स्वेच्छाचारी; दुर्दम, हठी, जिद्दी।
temerariousness n. साहसिकता, असावधानी, दिलेरी, लापरवाही; अधीरता, उतावलापन; स्वेच्छा-चारिता; दुर्दान्तता, हठीपन, जिद्दीपन।
temerity n. औद्धत्य, दुःसाहस, दिलेरी, उतावलापन, तेजी, जीवट।
temerous a. अधीर, उतावला, दिलेर; निर्मम, निर्दय।
temper[1] n. मिश्रण, सम्मिश्रण, मिलावट, घोलमेल; (मिश्रणका) परिणाम, घनत्व; धातुका कड़ापन और लचीलापन; मनःस्थिति, मानसिक अवस्था; प्रकृति, स्वभाव, शील, मिजाज (*found him in a good ~*); क्षोभ, भावोन्माद, रोष, क्रोध, आवेश, खीज, गुस्सा, चिड़चिड़ापन (*a fit of ~*); *loose* one's ~ क्रोधा-भिभूत होना, लाल-पीला होना, गुस्सेमें आना, झल्लाना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

खोजना; *out of* ~ क्रुद्ध, झल्लाया हुआ, आपेसे बाहर।

temper[2] v.t. & i. (भिगोकर, मिलाकर और सानकर) मिट्टी तैयार करना; (धातुको नरम करके) लचीला बनाना, धातुको तैयार करना, तैयार हो जाना, लचकसे पक्का करना या होना; (न्याय आदिको) संयमित करना, मृदु बनाना, अकठोर करना, मुलायम बनाना, कम करना, उतार देना, नरम करना; (संगी०) स्वर-सन्धान करना, सुर साधना, आरोह-अवरोह लाना, ताल मिलाना।

tempera n. = DISTEMPER[3].

temperable a. सम्मिश्रणीय, घुलाने-मिलाने योग्य; मृद्वीकरणीय, संयम्य, प्रशमनीय, नरम या कोमल बनाने योग्य, लचकदार होनेवाला।

temperament n. प्रकृति, स्वभाव (*sanguine, melancholic,* ~); देहप्रकृति, देहस्वभाव; आभ्यन्तर प्रकृति, व्यक्तिगत चरित्र; तबीयत, मिजाज; (संगीत) स्वरसन्धान, समान्तरस्वर, स्वर-समायोजन, स्वरसमान्तरण, स्वर-संस्कार।

temperamental a. प्रकृति-विषयक, स्वभाव-सम्बन्धी, मिजाजी; चंचलचित्त, अस्थिरमना, तुनुकमिजाज।

temperance n. निग्रह, संयम, परिमितता, अतिवर्जन, मिताचार, मितभाषण, मिताहार, मिताशन, मितपान, मद्य-संयम, मदिरा-निषेध, परहेज, शराबबन्दी (~ *movement*); ~ curve तापका उतार-चढ़ाव; ~ hotel निर्मद्य आवासगृह, वैष्णव भोजनालय; ~ *is the best physic* परहेज सबसे अच्छी दवा है।

temperate a. संयमी, निग्रही, मिताचारी, मितभाषी, मिताहारी, आत्म-संयमी; शान्त, धीर, संयत, अनुग्र (~ *habits*); कोष्ण, कवोष्ण, मन्दोष्ण, सम शीतोष्ण (जैसे, ~ *zone*); मन्द, मद्धिम, धीमा।

temperateness n. संयम, निग्रह, मिताचारिता, मितभाषोपन; शान्तता, आत्मसंयमी भाव; समशीतोष्णता; मन्दापन, धीमापन।

temperative a. मिश्रणकारी; मन्दकारी, प्रशमनकारी; मृदु या कोमल बनानेवाला; स्वर-समायोजन करनेवाला।

temperature n. तापमापी, तापमान, तापांश, तापमात्रा; (औष०) ताप, ज्वर, हरारत, बुखार, गरमी; *to have a* ~ ज्वर होना;

~ analogy, ~ bulb, ~ chart, ~ coefficient, ~-controller, ~ efficiency, ~ extremes, ~ gradient, ~ graph, ~ wave, ~ zone.

tempered a. मिश्रित, सम्मिश्रित, मिलावटी, घुलामिला; मृदुलित; प्रकृतियुक्त, स्वभाववाला, मिजाजका; रुष्ट, क्रोधित, आवेशमय, गुस्सैदार, नाराज।

temperer n. मिश्रणकर्त्ता; गूँथनेवाला; धातु तैयार करनेवाला, नर्म बनानेवाला; प्रशामक, संयत करनेवाला; मन्द ताप लानेवाला; धीमा या मन्द बनानेवाला।

tempest n. वात्या, झंझा, अतिवात, अन्धड़, आँधी, झक्कड़, तूफान; (ला०) उपद्रव, विप्लव, अशान्ति, उथल-पुथल, हंगामा, हलचल, हुल्लड़;

~-beaten, ~-blown, ~-driven, ~-flung, ~-gripped, ~proof, ~-rocked, ~-scattered, ~-sundered, ~-swept, ~-torn, ~-tossed, ~-winged, ~-worn.

tempestive a. सामयिक, समयानुकूल, ऋतुका, मौसमी; = SEASONABLE.

tempestuous a. वात्यावान्, झंझावान्, झक्कड़ या आँधीवाला, तूफानी (~ *weather*); प्रचण्ड, तुमुल, जोरदार (~ *appeal*); विप्लवमय, उपद्रवी, उपद्रवपूर्ण।

tempestuousness n. वात्यावत्ता, झंझावत्ता, प्रभंजनपूर्णता; आन्दोलनमयता, उथल-पुथल; उग्रता, भयंकरता, प्रचण्डता, अशान्ति।

templar n. (किसी तीर्थस्थानके पददलित यात्रियोंके रक्षार्थ; T~) धार्मिक संगठनका सदस्य, टेम्पलर; (लन्दनके टेम्पुलका) वकील, कानूनका विद्यार्थी; Good T~s मदिरा-निषेध-सभा।

template दे० TEMPLET.

temple[1] n. (विशे० भारतीय, रोमन, मिस्री) देवालय, देवायतन, देवगृह, देवमन्दिर, मन्दिर; (विशे० फ्रांसके) प्रोटेस्टैण्ट चर्चका गिर्जाघर; (ला०) पूजास्थान, ठाकुरबाड़ा, शिवाला; T~ (मूलतः) तीर्थयात्रा सहायक संघ; न्यायालय, बैरिस्टरी।

temple[2] n. शंख, कुम्भ, कपोलास्थि, कनपटी।

temple[3] n. शिकंजी, करघेकी एक कल।

templed a. शंखमय, कनपटीदार।

templet, -ate n. रूपद, साँचा; नमूनेकी पटिया या धातुका पत्ता, दासा; थूना, सहारा; पच्चर।

tempo n. काल, समय; प्रवेग (*the ~ of the war is slackening*); गति और लय।

temporal[1] n. शंखक, शंखास्थि, कनपटीकी हड्डी।

temporal[2] a. ऐहिक, लौकिक, भौतिक, पार्थिव, प्रापंचिक, सांसारिक, दुनियावी; कालगत, सामयिक, कालिक, कालवाची, काल-सम्बन्धी, कालसूचक (~ *conjunction*); शंखीय, कनपटीका; ~ bone कपोलास्थि, शंखास्थि; ~ lobe शंखपालि;

~ affairs, ~ interests, ~ lords, ~ power,

temporalism n. ऐहिकता, लौकिकता, भौतिकता, पार्थिवता, प्रापंचिकता, अयाजकीयता, दुनियावीपन; धर्मनिरपेक्षता।

temporality n. देवार्पित सम्पदा एवं उसकी आय, पार्थिव सम्पत्ति, सांसारिक लाभ, धर्मार्थ चर्चोंकी भूमि तथा अर्थ-सम्पत्ति; सांसारिकता; (प्रायः pl.) अस्थायित्व, क्षणिकता, अचिरता, अनित्यता, अल्पकालिकता।

temporalness n. ऐहिकता, लौकिकता, भौतिकता, पार्थिवता, प्रापंचिकता; अयाजकीयता, दुनियावीपन; कालिकता, कालवाचित्व।

temporalty n. गृहस्थवर्ग, सामान्य लोग, सांसारिक लोग, दुनियादार लोग।

temporaneous a. पार्थिव, ऐहिक, लौकिक, संसारी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

temporariness n. अनित्यता, क्षणिकता, अस्थायित्व, अल्पकालिकता; सामयिकता।

temporary a. क्षणिक, अनित्य, अचिर, अस्थायी, अचिरकालिक, अल्पकालिक, सामयिक, वक्ती;
~ absence, ~ appointment, ~ camp, ~ closure, ~ communication, ~ detention, ~ duty, ~ illness, ~ occupation, ~ purpose, ~ rank, ~ relief, ~ staff, ~ structure, ~ tenure, ~ vacancy.

temporization n. अवसरवादिता, अवसरानुकूल आचरण, समयोचित व्यवहार; अनित्य कार्य, अस्थायी प्रबन्ध; टाल-मटोल।

temporize v.t. अवसरवादिता ग्रहण करना, मौका देखकर रंग अख्तियार करना; वचन न देना, टालमटोल करना, वादा टालना; किसी प्रकार काम निकाल लेना, समयोचित व्यवहार करना; ढील देना।

temporizer n. अवसरवादी, अवसरानुकूल आचरण करनेवाला; टालमटोल करनेवाला, ढील करनेवाला।

temporizing १. n. = TEMPORIZATION; २. a. समयानुवर्ती, अवसरानुरोधी, अवसरवादी।

tempt v.t. प्रणोदित करना, प्रेरित करना, उत्तेजित करना; प्रलोभित करना, बहकाना, उभारना, ललचाना, फँसाना; (प्रा०, बाइ०) परीक्षा लेना, विश्वास तोलना, दृढ़ताकी परख करना, आजमाना (*God did ~ Abraham*); खुलकर विरोध करना, अवज्ञा करना, ललकारना, चुनौती देना, उपेक्षा करना (*shall not ~ the lord*)।

temptability n. परीक्षणीयता; आकर्षणीयता, प्रलोभनीयता, प्रलोभ्यता, लुभाये जाने योग्य स्थिति; प्रणोदनीयता, प्रेरणीयता, उत्तेजनीयता।

temptable a. परीक्षणीय; आकर्षणीय, प्रलोभनीय, प्रलोभ्य, लुभाये जाने योग्य, ललचनेवाला; प्रणोदनीय, प्रेरणीय, उत्तेजनीय।

temptation n. परीक्षण, परख; आकर्षण, प्रलोभन; प्रणोदन, प्रेरणा, उत्तेजना, उकसाव, बहकावा; लोभ, मोह, लालच; कुमार्ग-प्रेरक वस्तु, मोहक वस्तु; आकर्षक मार्ग, मोहजाल।

tempter n. परीक्षक, परखनेवाला; प्रलोभक, प्रलोभनकर्त्ता; मोहक, मोहनेवाला, कुवृत्ति-उत्तेजक, ललचानेवाला; the T~ शैतान।

tempting a. आकर्षी, विमोही, मोही, मनोहर।

temptingness n. आकर्षण, प्रलोभन, लुभावनापन।

temptress n. आकर्षक स्त्री, प्रलोभक महिला, लुभानेवाली स्त्री, फुसलानेवाली।

tems(e) n. छलनी, छन्ना, छन्नी।

temulency n. मद्यपता, मद्यपायिता, मदिरासेवन।

temulent a. मत्त, मस्त, नशेमें, धुत्त।

ten a. दस, दहला; ~ billion खर्व; ~ million करोड़; ~-year plan दशवर्षीय योजना।

tenability n. रक्षणीयता, प्रतिपादनीयता, समर्थनीयता, युक्तियुक्तता; मान्यता, धार्यता, टिकाऊपन।

tenable a. रक्षार्ह, रक्षणीय, प्रतिरक्ष्य, सुरक्षायोग्य (*~ position, theory*); धार्य, प्रतिपादनीय, मान्य, समर्थनीय, चालू, टिकाऊ, पक्का, टिकनेवाला।

tenableness n. रक्षणीयता, सुरक्षायोग्यता; धार्यता, प्रतिपादनीयता, समर्थनीयता, मान्यता, स्वीकार्य, टिकाऊपन, पक्कापन।

tenace n. (ताशमें) अगले-पिछले पत्तोंका जोड़ा, किसी रंगके दो पत्ते; किसी खिलाड़ीके पास ऐसा जोड़ा होना।

tenacious a. दृढ़ग्राही, धारणशील, साग्रह, आग्रही, दृढ़, दृढ़स्थायी, दृढ़संलग्न; कट्टर, दृढ़ सिद्धान्तवादी: कृपण, कंजूस; (स्मृति) धारणशील, धारणक्षम, ग्रहणक्षम, पकड़ रखनेवाला; जिद्दी, पक्का, चीमड़; सान्द्र, चिक्कण, सांसक्तिक, कसकर चिपकनेवाला, चिपचिपा, लसलसा, लसदार।

tenaciousness, tenacity nn. ग्राह, आग्रह, दृढ़ग्राहिता; अडिगता, अचलता, अटलता, दृढ़ता, दृढ़स्थायिता, जिद्द, कड़ाई, चीमड़पन; धारणाशक्ति, धारणक्षमता, ग्राहकत्व; कृपणता, कंजूसी; संलग्नशीलता; सान्द्रता, संसक्ति, चिपचिपापन, चेप, लसलसाहट।

tenaculum n. (pl. *-la*) चिमटी, कुण्डी (शल्यक्रियामें प्रयुक्त)।

tenail, -aille n. (किलेमें) अधःप्राकार, नीची दीवार।

tenancy n. भूधारण, भाटकिता, भाड़ेदारी, किरायेदारी, लगानदारी; भूम्यधिकार, काश्तकारी (*~ act*); अस्थायी भूधारण, सम्पत्तिधारण, दखीलकारी, कब्जा; भाटकिताकी अवधि;
~ holding, ~ legislation, ~ rights ~ system.

tenant[1] n. भाटकी, भाड़ेदार, किरायेदार, पट्टेदार, लगानदार; कृषक, किसान, काश्तकार, असामी; भूम्यधिवासी, (किसी स्थानपर) बसनेवाला, रहनेवाला, आधिपत्य रखनेवाला; occupancy ~ दखीलकार;
~-farmer, ~ in-chief, ~ land, ~ paravail, ~-right.

tenant[2] v.t. आधिपत्य रखना, कब्जा करना; असामीकी तरह रहना, किरायेपर लेना, जोतपर लेना।

tenantable a. भाटकितायोग्य, भाड़ेदारीके योग्य; कृष्य, जोतने योग्य; वासयोग्य, किरायेवाला।

tenantless a. अभाटकी, भाटकी-विहीन, बेकिरायेदार; रिक्त, खाली।

tenantry n. भाटकी, भाड़ेदार, किरायेदार, लगानदार, असामी, रैयत।

tench n. विलायती सिंघाड़ा मछली।

tend v.t. & i. (किसी ओर) प्रवृत्त होना, ढुलकना, झुकना, चलना, रुख होना; (शा० एवं ला०) साधन होना, उपाय होना; चिन्ता करना, परवाह करना; रक्षा करना, देखभाल करना, रखवाली करना, चौकसी करना, साथ रहना; परिचर्या करना, सेवा-शुश्रूषा करना, खबर

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

रखना, तीमारदारी करना; सेवा करना, कामकाज करना, टहल करना, खिदमत करना।

tendance n. (प्रा०) ध्यान, सेवा, देखभाल, देखासुनी, देख-रेख, टहल, चाकरी।

tendency* n. प्रावण्य, प्रवणता, प्रवृत्ति*, झुकाव, रुझान* (*creative, innate,* ~)।

tendential a. = TENDENTIOUS.

tendentious a. (कृति आदिके सम्बन्धमें) उद्देश्य-मूलक, प्रच्छन्न प्रयोजनयुक्त, सोद्देश्य, निहितप्रयोजन, प्रवृत्ति साधक, साध्यप्रवृत्त।

tender[1] n. परिचारक, सेवक, टहलुआ; सेवी पोत, हरकारा जहाज,(बड़े जहाजके साथ लगा हुआ छोटा जहाज); ईंधनडिब्बा, ईंधनगाड़ी; जलाधान, हौज; पानीकी टैंकी; पानीका डब्बा; gate ~ ⊙ द्वारपाल, गेटकीपर।

tender[2] n. प्राक्कलन, प्राक्कलन-पत्र, मँगनी-पत्र, निविदा, प्रस्ताव, भेंट, ठेका, टेण्डर; legal ~ मान्य सिक्का; ~ money सत्यकार, बयाना;

~ enquiry, ~ item, ~ notice, ~ rates, ~ system.

tender[3] v.t. & i. उपस्थापित करना, प्रस्तुत करना प्रदान करना, पेश करना, देना, भेंट करना (~ *advice, resignation*); शोधन करना, भुगतान करना, चुकाना (~ *payment*); निविदा देना, टेण्डर भरना।

tender[4] a. मृदु, मृदुल, सुकुमार, अबल, कोमल, मुलायम, नरम (~ *heart*); करुण, संवेदनशील, दयार्द्र,सदय, सुलभदुःख, दुःखज्ञ, नाजुकमिजाज; प्रणयी, प्रेमी, स्नेही, वत्सल (~ *parents*); मधुर, प्रिय, स्निग्ध, प्यारा; प्रबुद्ध, जागरूक, विचारशील, ध्यान रखनेवाला, सोचनेवाला, फूँक-फूँककर चलनेवाला; धर्मभीरु, बुरे कामसे डरनेवाला; जटिल, कठिन, नाजुक (~ *subject*); of ~ age अल्पवयस्क, सुकुमार, कमउम्र; ~-eyed सुनेत्री, सुनयनी, शान्तनेत्री; क्षीणनेत्र, कमजोर आँखोंवाला; ~foot (औपनिवेशिक एवं अमरीकी प्रा०) सुकुमार, कोमल; नौसिखिया, नया आदमी; ~-hearted सहृदय, दयार्द्रचित्त, सकरुण, सुकुमारहृदय, कोमलहृदय, सदय, दयालु, प्रेमी, स्नेहशील, नरमदिल;

~-bearded, ~-bladed, ~-coloured, ~-conscienced, ~-handed, ~ heart, ~-heartedness, ~ looking, ~-natured, ~ plant, ~-rooted, ~-shelled, ~ shoot, ~-skinned, ~-souled, ~-tempered, ~ vegetable, ~-witted.

tendered ⊙ a. दत्त, प्रदत्त, भेंट किया हुआ, दिया हुआ।

tenderer n. देनेवाला; निविदाकार, टेण्डर भरनेवाला।

tenderling n. शिशु, बाल, बालक, बच्चा।

tenderloin n. (सुअर या गायके जंघाका) मांसल भाग, मांसयुक्त पुट्ठा।

tenderness n. स्पर्शसह्यता, सुकुमारता, मार्दव, स्निग्धता, कोमलता, नजाकत, नर्मी; संवेदनशीलता, करुणा, कारुण्य; क्षीणता, दुर्बलता, कमजोरी; सहृदयता, स्नेहशीलता, प्रियता, दयालुता; विचारशीलता; धर्मशीलता; सावधानी, चौकसी, खबरदारी।

tending १. n. परिपालन; २. a. प्रवण, उन्मुख।

tendinous a. स्नायुमय. शिराल, काण्डर, कण्डरीय, पेशीबन्धनीका, पट्ठेदार, रेशेदार।

tendon n. कण्डरा, मांसरज्जु, पेशीबन्धनी, शिरा, स्नायु, पेशी या पट्ठोंके सिरोंपरकी नस, टैण्डन, रेशा (~ *cell*)।

tendril n. सूत्र, सूत्रकोष्ठ, तन्तु, सूत; लतातन्तु, किसलय, प्रतान, संजनी, रेशा।

tendrilled a. सूत्रयुक्त, तन्तुमय, सूतदार।

tendrilous a. ससूत्र, सूत्रकोष्ठमय, तन्तुमय, रेशेदार।

tendron n. प्ररोह, अंकुर, कोंपल, अँखुआ, कल्ला; (pl.) पार्श्वकी तरुणास्थियाँ, पसलीकी कोमल हड्डियाँ।

tenebrific a. तमोमय, अन्धकारजनक, अँधेरा उत्पन्न करनेवाला; ~ stars नैश तारे।

tenebrose a. ध्वान्तमय, अन्धकारमय, तमयुक्त, अँधेरा।

tenebrosity n. ध्वान्तमयता, अन्धकारमयता, तमयुक्तता, अँधेरापन, अँधेरा।

tenebrous a. (प्रा०) अन्धकारमय, अन्धकारपूर्ण, अँधेरा।

tenebrousness n. = TENEBROSITY.

tenement n. भूखण्ड, भूमि, जमीन, जागीर; (कानून) मूर्त्तदाय, स्थायी सम्पत्ति (जैसे, खेत, मकान इत्यादि); आवास, निवासस्थान, भवन, गृह, घर, मकान (विशे० जिसमें एक परिवार रह सके), हवेली, चाल।

tenemental a. भूखण्डीय, जमीनका, जागीरका; आवास-विषयक, घर-मकानका; चालका।

tenementary a. रईसकी स्थायी सम्पत्तिका, मूर्त्तदाय-सम्बन्धी, जागीरी।

teneral a. अपक्व, अपरिपक्व, अपुष्ट, कच्चा।

tenesmus n. (चिकि०; टट्टी उतारनेका) दुःखद प्रयत्न, तकलीफदेह कोशिश, अत्यन्त ताकतसे काँखना।

tenet n. मतवाद, विश्वास, मत, सिद्धान्त, नीति, उसूल।

tenfold a. दशगुण, दसगुना।

tenner n. दस रुपयेका नोट; दस डालरका नोट ⊙।

tennis n. टेनिस, गेंदका खेल; ~-court टेनिसका मैदान, टेनिस कोर्ट।

tenno n. जापानके सम्राट्की उपाधि, तेनो।

tenon[1] n. (जोड़नेमें प्रयुक्त) चूल, लकड़ीका सिरा, जोड़ (~ *saw*)।

tenon[2] v.t. चूल बनाना, चूल काटना, चूलसे जोड़ना, चूल बिठाना।

tenoner n. चूल बनाने या बैठानेवाला; चूल बैठानेका यन्त्र।

tenor n. गतिविधि, निश्चित धारा, प्रवृत्ति, प्रवाह, दिशा, चाल-ढाल; (विशे० ला०) जीवनावधि, जीवनधारा, क्रम, क्रमानुगति, कार्यगति; तार; (भाषण, लेखन

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

आदिका) सामान्य आशय; अभिप्राय, भाव, भावार्थ, असली मंशा, मतलब; (संगीत) धैवत सुर, पुरुषका उच्चतम स्वर; धैवत सुरका गायन या गायक; धैवत सुरका वाद्ययन्त्र, बड़ा वायलिन या बेला, ऊँचे सरगमका चौतरा।

tenorist n. (संगी०) धैवत सुरमें गाने या बजानेवाला।

tenotomy n. कण्डराच्छेदन, मांसरज्जुकी चीरफाड़।

tenrec, tan- n. झाऊ चूहा।

tense[1] n. (क्रियाका) काल (जैसे, *present, past, future,* ~); कालक्रम, (भिन्न पुरुषोंके साथ इन) कालोंकी क्रमिक व्यवस्था।

tense[2] v.t. & i. प्रतत करना, तानना, खींचना।

tense[3] a. आतत, प्रतत, अशिथिल, कड़ा, तना हुआ, कसा हुआ, खींचा हुआ; (ला०) आविष्ट, उद्विग्न, क्षुब्ध, बेचैन (~ *mind, emotion*)।

tenseless a. कालरहित, कालशून्य, कालमुक्त।

tenseness, tensity nn. आततत्व, प्रसार्यता, तनाव, खिंचाव; क्षोभ, उद्वेग, तनातनी।

tensibility, tensility nn. आतन्यता, प्रसारणीयता, प्रसार्यता, लचीलापन।

tensible a. आतन्य, प्रसार्य, प्रसारणीय, तननेवाला, खिंचनेवाला, लचकदार, लचीला।

tensile a. आतति-, आततीय, प्रतति-विषयक, प्रसार्यता-सम्बन्धी, वितति-सम्बन्धी, तनाव- (~ *strength*); आतन्य, प्रसार्य, तननेवाला, खिंचनेवाला (~ *strain*)।

tensility n. दे० TENSIBILITY.

tensi(o)meter n. पृष्ठाततिमान, तनावमापी।

tension[1] n. तान्ति, आतति, वितति, प्रतति, प्रसारणा, प्रसार्यता, तनाव, कसाव, खिंचाव; क्षोभ, उद्वेग, उत्तेजना, तनातनी, जोश; क्षुब्ध अवस्था, तनातनीकी दशा; वाति-प्रसारण, (वाति या गैसकी) प्रसरणशील शक्ति; विद्युद्-गामी बल, विद्युद्वाहक बल;

~ apparatus, ~ joint, ~ test, ~-wood.

tension[2] v.t. आतति या तनाव लाना, आतत करना, तानना, खींचना; क्षुब्ध करना।

tensional a. वितति क, आततिक; प्रसारण-विषयक, खिंचाव या तनाव-सम्बन्धी (~*stress*); क्षोभात्मक, उद्वेगी, उत्तेजनात्मक।

tensity n. दे० TENSENESS.

tensive a. आतानशील, आततिसूचक, आतानी, तनाव या खिंचाववाला, तना हुआ।

tenson, -zon n. काव्य-प्रतियोगिता; गीति।

tensor n. (श० र० शा०) तानक, आतानक, उत्तंसनी, आकर्षणी (शरीरके किसी भागको तना हुआ रखनेवाली) पेशी।

tent[1] n. पटवेश्म, वितान, पटावास, शिविर, तम्बू, खेमा, डेरा, कपड़कोट, छोलदारी; dark ~अँधेरा तम्बू (जिसमें फोटो तैयार करते हैं); ~-bed मसहरी, तम्बूकी भाँति छतवाली खाट; ~-pegging नेजाबाजी;

~ cloth, ~ equipage, ~ godown, ~-master, ~-peg, ~-pole, ~-stitch, ~wort.

tent[2] v. i. & t. वितानाच्छादित करना, तम्बूसे ढकना; शिविरमें ठहरना, खेमा गाड़ना, पड़ाव डालना।

tent[3] n. घावमें भरी जानेवाली बत्ती, किसी खोलका पलीता, फोया।

tent[1] v.t. बत्ती रखना, पलीता रखना।

tentacle n. स्पर्शिका, अंगक, ग्रन्थिकेश; शुथनी, कीड़ोंकी मूँछें।

tentacled a. सांगक, अंगकयुक्त, ग्रन्थिकोशयुक्त, मूँछवाला।

tentacular a. अंगकीय, ग्रन्थिकेशीय (~ *nerve*)।

tentaculate, -ted aa. = TENTACLED.

tentaculiferous a. = TENTACLED.

tentaculiform a. अंगकवत्, अंगक-समान, ग्रन्थि-केश-सदृश।

tentation n. प्रयोजन, प्रयोगात्मकता, अन्वीक्षण, परीक्षण, आजमायश।

tentative[1] n. प्रयोगात्मक प्रयास, अन्वीक्षात्मक सिद्धान्त, आजमायशी बात।

tentative[2] a. अस्थायी, प्रयोगात्मक, अन्वीक्षात्मक, परीक्षात्मक, परीक्षामूलक, आजमायशी (~ *proposal*)।

tented a. वितानित, वितानाच्छादित, खेमेवाला, चँदोवे-से आच्छादित, तम्बूदार।

tenter[1] n. निरीक्षक, (विशे० कारखानोंमें मशीनोंकी) देख-भाल करनेवाला।

tenter[2] n. (तह करने या सुखानेके लिए) कपड़ा फैलानेकी मशीन; ~(hook) (जिसमें कपड़ा फँसा रहता है वह) अँकड़ी, काँटा या हुक; *be on ~hooks* या (प्रा०) *on the ~s* घोर मानसिक कष्ट पाना, असमंजसकी अवस्थामें होना, काँटोंपर होना।

tenth a. दशम, दसवाँ।

tenuifolious a. तनुदल-, तनुपत्र, पतली पत्तियोंवाला।

tenuis n. (pl. *tenues*) अनुच्चरित व्यंजन।

tenuity n. तनुता, सूक्ष्मता, क्षीणता, बारीकी, पतलापन, महीनपन; (वायु या तरल पदार्थकी) विरलता, पतलापन, हलकापन; (लेखन-शैलीकी) अनलंकारिता, सरलता, सादगी।

tenuous a. (क०) तनु, सूक्ष्म, महीन, बारीक, पतला; अल्प, थोड़ा, छोटा; (भेदोंके सम्बन्धमें) अतिसूक्ष्म, नाजुक।

tenure n. धारण, धारणत्व, धारिता; धारणाधिकार, लगानदारीका हक; भूधृति, पट्टा, मिल्कियतका हक; भोगावधि, धारणावधि, पदावधि, अधिकारकाल, अधिकाल, अहलदारीका समय; military ~ सैनिक सेवावधि; ~-holder भूधारी, भूमिहार।

tenurial a. धारणीय, धृत; धारणाधिकार-विषयक, लगानदारीके हकका; भूधृति-विषयक, मिल्कियतके हकका; भोगावधि-विषयक, पदावधि-विषयक, अधिकाल-सम्बन्धी, अहलदारीके जमानेका (~-*sword*)।

tepee, teepee n. टेपी, तीपी, (अमरीकी इण्डियनों-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

का शंकुवत् तम्बू)।

tepefaction n. कोष्णता, कोष्णन, गुनगुना होना या करना, गुनगुनापन।

tepefy v.t. & i. मन्दोष्ण करना, गुनगुना करना, थोड़ा गरम कर लेना; मन्दोष्ण होना, गुनगुना होना।

tephigram n. तापमान-चित्र।

tephrite n. ज्वालामुखी चट्टान, उद्गीर्ण शैल।

tepid a. (शा० एवं ला०) कोष्ण, कवोष्ण, मन्दोष्ण, ईषदुष्ण, कुनकुना, गुनगुना, कुछ गर्म; शान्त, अनुत्तेजित, धीमा।

tepidarium n. (रोमन स्नानगृहमें) उष्णकक्ष, गरम कमरा, हमाम।

tepidity, tepidness n. कोष्णता, कवोष्णता, मन्दोष्णता, ईषदुष्णता, गुनगुनापन।

terai n. तराई; मोटा टोप।

teraph n. प्राचीन यहूदियोंके गृहदेव(की छोटी प्रतिमा)।

teratism n. दैत्य, राक्षस; दैत्यत्व, दैत्यता, राक्षसपन।

teratogeny n. अरूप या अद्भुत सृष्टि।

teratoid a. असामान्य, अद्भुत, असाधारण।

teratological n. अद्भुतोपाख्यान-विषयक, अद्भुताख्यान-सम्बन्धी, विलक्षण कहानीवाला।

teratologist n. अरूप-विज्ञानी, अद्भुत सृष्टिका विशेषज्ञ।

teratology n. अद्भुतोपाख्यान, अद्भुताख्यान, विलक्षण कहानी; अपरूपविज्ञान।

terce दे० TIERCE.

tercel, tiercel n. शिकरा, नर बाज।

tercentenary, tercentennial aa. & nn. त्रिशतवर्षिक, तीन सौ सालका; त्रिशती, त्रिशतवर्षीय वार्षिकी, तीन सौवें सालकी वर्षगाँठ।

tercet दे० TRIPLET.

terebene n. विसरलेन्य (तारपीनके तेल और गन्धकका एक कीटाणुनाशक मिश्रण)।

tereberate v.t. & i. छेदना, सालना; छिदना।

terebic a. तारपीनका।

terebinth n. विसरल, तारपीनका पेड़।

terebinthine a. तारपीनके वृक्ष या तेलसे सम्बन्धित।

teredo n. (pl. *-s*) नौकाष्ठान्तक, काष्ठान्तक, घुन पोतकीट, जहाजी कीड़ा।

tergal a. पृष्ठीय, पीठका।

tergeminate a. (वन०) त्रिधा, त्रिभाग।

tergiversate v. i. स्वधर्मपरित्याग करना, विश्वास बदलना, अपने ही विरुद्ध हो जाना, वादेसे हटना, पीठ मोड़ना, टलना, मुकर जाना; परस्परविरोधी बातें कहना, बार-बार पहलू बदलना, गिरगिटकी तरह रंग बदलना।

tergiversation n. स्वधर्मत्याग, वचनत्याग, वाक्छल, बातें बदलना, छल, कपट, हेराफेरी, टालमटोल; अपलाप, परस्पर विरोधी कथन, दुहरी बात।

tergiversator n. स्वधर्मत्यागी, वाक्छली, सिद्धान्तों-को छोड़नेवाला, परस्पर विरोधी बात कहनेवाला।

term[1] n. सीमा, मर्यादा, अवधि, अन्त, पर्यन्त, हद, (*set a ~ to his encroachments*); कालावधि, नियत अवधि, निर्दिष्ट अवधि, समय, मियाद, मुद्दत; (विश्वविद्यालय, कानून)सत्र, पर्व कार्यकाल, शिक्षणकाल, सत्रकाल, सत्रावधि, अदालतकी बैठकका समय; नियत दिवस, निश्चित तिथि; (कानून) निबन्धन, भूसम्पत्तिके सावधिक अधिकार, मियादी कब्जा या दखल; (गणित) पद; (भाषाशास्त्र) शब्द, पद (*technical, scientific, ~*); (pl.) अभिव्यंजना-शैली (*flattering ~s*); (pl.) बन्धन, निबन्धन, करार, शर्तें (*dictate your own ~s*); मूल्य, दाम, कीमत; (pl.) पारस्परिक सम्बन्ध, व्यवहार, ताल्लुकात (*am on good, bad, ~s with him*); ~s of reference सन्दर्भ-पद, विचारार्थ विषय; *bring to ~s* बाधित करना, शर्तें मनवा लेना; *come to ~s* शर्तें मान लेना, रास्तेपर आ जाना, दब जाना, राजी हो जाना; *in ~s of* विशेष ढंगसे, इन-इन शब्दोंमें।

term[2] v t. संज्ञा देना, अभिहित करना, नाम रखना (*this he ~ed* sheer *robbery*); नाम लेकर पुकारना, कहना, नामजद करना।

termagancy n. क्षोभ, अशान्ति; कोलाहल, खलबली; उपद्रव, शरारत; दुर्दान्तता, रणचण्डीपन, कर्कशापन, तेजतरारपन, झगड़ालूपन, दंगा।

termagant a. & n. कलहिनी (स्त्री), कर्कशा (नारी), दुर्दान्त, चण्डी, झगड़ैल (औरत); (मुसलमानोंका) कल्पित उपद्रवकारी देवता।

termer n. (अवधि पूरा करनेवाला) बन्दी; पट्टीदार।

Termes n. काष्ठकीट, दीमक आदि।

terminability n. =TERMINABLENESS.

terminable a. अवसेय, सावधि, समापनीय, समाप्य, अन्त्य, अन्त होनेवाला (*~ annuity, loan*)।

terminableness n. अवसेयता; सावधित्व, समापनीयता, समाप्यता, अन्त्यता, निश्चितता।

terminal[1] n. (किसी स्थानपर) समाप्त होनेवाली वस्तु; अन्त, सिरा; रेलका आखिरी स्टेशन, रेलवे टर्मिनस ⊙।

terminal[2] a. सात्रिक (*~ accounts*); सावधि, आवधिक, आवसानिक; अवसायी, अवसानीय, आन्त, अन्त्य, अन्तिम, अन्तका (*~ station, velocity*); सीमान्त, सीमावर्ती, हद बनानेवाला (*~ organ*); (वन०) अग्रस्थ, शिखरस्थ, डण्ठलके सिरेका; नियतकालिक, मियादी; चरम, आखीरी; ~ cell अग्रकोष, ~ leave सेवान्त छुट्टी; ~ tax सीमा-कर, चुंगी; ~ value (गणि०) संक्षिप्त राशि, संक्षिप्त रूप।

terminate[1] v.t. & i. अवसान करना या होना, अन्त करना या होना, समाप्त करना या होना, खत्म करना या होना; सीमित करना, सीमा बाँधना, आबद्ध करना, हद बाँधना।

terminate[2] a. अवसानप्राय, अवसायी, शेषप्राय, समाप्तप्राय, खत्म होनेवाला; सीमित, बँधा हुआ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

termination n. इतिश्री, पर्यवसान, समाप्ति, शेषकरण, अवसान, अन्त, खातमा; सीमा, हदबन्दी; प्रत्यय, शब्दका अन्त्याक्षर; (भूगभ०) सिरा, छोर; *bring to a ~, put a ~ to* अवसान करना, अन्त करना, समाप्त करना।

terminational a. (व्या०) अन्त्यवर्णिक, अन्त्याक्षर-सम्बन्धी; अन्त्य, सिरेवाला, आखिरी।

terminative a. अवसानसूचक, समाप्तिबोधक, समाप्त-प्राय, निश्चितप्राय; चूड़ान्त, सिरेका; निश्चयार्थक।

terminator n. समापक, अन्तकर्त्ता, समाप्तिकर्त्ता, खतम करनेवाला (व्यक्ति या पदार्थ); चकासान्तरेखा; दीप्तिरेखा, प्रकाशाप्रकाश-विभाजक रेखा।

terminatory a. अवसेय, अवसानकारी, समापनकारी, अन्तकारी, खतम करनेवाला।

terminer दे० OYER.

terminism n. प्रायश्चित्तावधिवाद = NOMINALISM.

terminist n. प्रायश्चित्तावधिवादी = NOMINALIST.

terminological a. संज्ञाशास्त्रीय, परिभाषाशास्त्रीय; पारिभाषिक. पारिभाषिक शब्दावलि-विषयक।

terminology n. संज्ञाशास्त्र, परिभाषाशास्त्र, परिभाषा-विज्ञान; परिभाषा, पारिभाषिक शब्दावली।

terminus n. (pl. *-es*) (अब क०) लक्ष्य, ध्येय, उद्देश्य, निशाना, हद, मंजिल; अन्तिम स्टेशन, टर्मिनस; (रोमन पुराण) दिक्पाल, दिगीश, सीमान्त-देव, सरहदका देवता; (वर्गाकार स्तम्भपर आश्रित मनुष्यकी) अर्द्धमूर्ति, अर्द्धप्रतिमा।

termitarium, termitary nn. वल्मीक, दीमकका घर।

termite n. वल्म, दीमक; ~ mound वल्मीक, बाँभी।

termless a. (काव्य, भाषण) निर्बन्ध, निरवधि, अवधि-विहीन, असीम, कालहीन, समयहीन, अनन्त, बेहद।

termor n. सावधि पट्टधारी, निश्चित काल तकके लिए पट्टीदार।

tern[1] n. १. त्रिक, तिक्का; २. a. = TERNATE.

tern[2], **tarn** nn. कुररी, समुद्री टिटिहरी।

ternal a. त्रयात्मक, तीनका।

ternary a. त्रिधातुक; त्रिमय, त्र्यात्मक, तीनका (~ *alloy*); त्रिवर्णक, त्रिचर, जिसमें तीन चल राशियाँ हों; त्र्यंगी, तिरंगा।

ternate a. त्रिकमय, त्रिकयुक्त, त्रिकन्यस्त, त्रिदल, त्रिदली।

terne n. (~-*plate* भी) कलई और सीसेकी मिली धातु।

Terpsichorean a. नृत्यदेवीसे सम्बन्धित (~ *art*)।

terra n. क्षोणी, धरणी, धरा, भू, वसुन्धरा, वसुमती, पृथिवी, पृथ्वी, जमीन।

terrace[1] n. उत्तल, चबूतरा, चौतरा, मंजिल; वेदिका; समतल टीला; (भूगर्भ०) ऊँचा तट, समुद्री कगार; (ढालके ऊपर निर्मित) आवास-पंक्ति, गृहश्रेणी, घरोंकी कतार; खुली छत; पुश्ता, बाँध।

terrace[2] v.t. उत्तलन करना, चबूतरा बनाना, समतल टीला निकालना; छत बनाना; पुश्ता बनाना।

terraced a. उत्तलित, उत्तल, टीलेवाला (~ *soil*)।

terracotta n. पक्वमृदा, पकायी हुई मिट्टी (मूर्तियाँ इत्यादि बनानेमें प्रयुक्त); (पकी हुई मिट्टीकी बनी हुई) प्रतिमा, छोटी मूर्ति; (a. & n.) बादामीपन लिये हुए लाल रंगका; बादामी या लाल रंग।

terrage n. भूशुल्क।

terrain n. भूखण्ड, भूप्रदेश, भूभाग; (युद्धकलामें) उपयोगी भूमि, मौकेकी जमीन।

terramare n. हड्डियोंवाली खाद।

terranean a. भौमिक, पार्थिव, भू-विषयक, पृथ्वी-सम्बन्धी, जमीनका।

terraneous a. = TERRANEAN.

terrapin n. वारिकूर्म, मीठे पानीका एक कछुआ।

terraqueous a. जलस्थलमय, पानी और मिट्टीका।

terrene a. पार्थिव, पृथ्वीका, मृत्तिकामय, भौम, जमीनका।

terreplein n. किलेबन्दी, मोर्चा।

terrestrial[1] n. स्थलज, भूवासी, पृथिवीवासी, जमीनका बाशिन्दा।

terrestrial[2] a. भौम, भौमिक, पार्थिव, ऐहिक, लौकिक, सांसारिक, दुनियावी (~ *adaptation*); स्थलीय, थल-सम्बन्धी, जमीनका (~ *telescope*); (जन्तुवि०) भूचर, स्थलचर, स्थलजीवी (~ *animals*); ~ globe पृथ्वी, भूमि।

terret, -it n. (लगामकी) मुद्रिका, मुँदरी।

terrible a. भयावह, भीषण, भयानक, कराल, विकराल, भयंकर, आतंककारी, विकट, डरावना (~ *ravages*); (बोल०) उग्र, दारुण, घोर, तीव्र, सातिशय, अतिप्रचण्ड, तीव्र. बहुत तेज, बड़ा भारी (~ *bore*)।

trichotomy n. त्रिशाख, त्रिखण्ड, त्रिभाग, तीन भाग, तिबाँट ।

trichromatism n. त्रिवर्णवाद, तीन रंगोंका सिद्धान्त ।

trick[1]* n. प्रतारणा, छद्म, माया, प्रवंचना, कपट, छल, धूर्तता, धोखेबाजी, चालाकी*, फरेब, दाँव (*I suspect some ~*); मक्कारी; पाटव, चातुर्य, कला, कौशल, हस्तलाघव, हाथकी सफाई (*conjurer's ~s*); विचित्र स्वभाव, विलक्षण रीति (*style is disfigured by ~s*); भद्दा या रद्दी आचरण; घेरेमें खेली गयी ताश; (नौवि०) घण्टेभरकी पारी या ड्यूटी; *do the ~* काम निकालना; सफल होना; *play ~s* घात लगाना, दाँव दिखाना, चाल चलना, जाल रचना ।

trick[2] v.t. & i. प्रतारणा करना, प्रवंचना करना, कपट करना, छल करना, ठगना, धूर्तता करना, फरेब करना, दगाबाजी करना, छलना, मक्कारी करना; आश्चर्यान्वित करना, अचरजमें डालना; परास्त कर देना, हराना; विफल करना; *~ out, up* वस्त्र-सज्जित करना, भूषित करना, अलंकृत करना, सजाना, सँवारना ।

tricker n. कितव, कूट व्यक्ति, प्रवंचक, प्रतारक, कपटी व्यक्ति, धूर्त, ठग, दगाबाज, चालबाज, मक्कार, मदारी ।

trickery n. कैतव, कूटता, प्रवंचकता, कपट, धूर्तता, ठगी, दगाबाजी, फरेब, मक्कारी; कौशल, हस्तलाघव ।

trickiness n. कैतव, कितवता, प्रवंचकता, प्रतारकता, धूर्तता, धोखेबाजी ।

trickish a. (अब द्र०=TRICKY) कितव, कूट, प्रतारक, प्रवंचक, छली, कपटी, ठग, धूर्त, मक्कार, धोखेबाज; कौशलपूर्ण ।

trickishness n. कैतव, कितवता, कूटता, प्रतारकता, प्रवंचकता, छल, कपट, ठगी, धूर्तता, मक्कारी, धोखेबाजी ।

trickle[1] n. मन्द प्रवाह, धीरे-धीरे बहनेवाली धारा ।

trickle[2] v.i. & t. आश्रोतित होना, स्रुत होना, स्रवित होना, चूना, टपकना, रिसना, झरना (*tears ~d down her cheeks*); चुवाना, टपकाना, रिसाना, बूँद-बूँद करके गिराना ।

tricklet n. क्षुद्र मन्दवाही स्रोत, धीरे-धीरे बहनेवाली छोटी धार ।

trickly a. मन्दवाही; चूता हुआ, टपकने वाला ।

tricksome a. = TRICKY.

trickster n. = TRICKER.

tricksy a. चपल, अस्थिर; विलक्षण, अनोखा; मायावी, कृत्रिम, बनावटी, झूठा, जाली ।

trick-track, tick-tack n. = BACKGAMMON की तरहका एक खेल ।

tricky a. कितव, प्रवंचक, प्रतारक, धूर्त, छली, कपटी, धोखेबाज ।

triclinium n. (रोमन इति०, pl.-*ia*) भोजनपट्ट या भोजनकक्ष (जिसमें तीन ओर कुर्सियाँ लगी हों) ।

tricoline n. पापलीन, ट्रिकोलीन ।

tricolour, -or a. & n. त्रिवर्णरंजित भारतकी (राष्ट्रपताका), तिरंगा (झण्डा) ।

tricoloured a. त्रिरंजित, तिरंगा ।

triconodont a. त्रिकूटदन्त ।

tricorn a. त्रिशृंग, तीन सींगोंवाला ।

tricorporal a. त्रिकाय, त्रिदेह, तीन शरीरोंवाला ।

tricorporate a. = TRICORPORAL.

tricostate a. त्रिपर्शु, तीन पसलियोंवाला ।

tricot n. अलग बुनाई ।

tricycle n. & v. i. त्रिचक्री, तिन-पहिया सायकिल (पर चढ़ना), ट्राइसिकल चलाना ।

tricyclist n. त्रिचक्रयान-यात्री, तिन-पहिया सायकिल-पर चढ़नेवाला, ट्राइसिकलवाला ।

trident n. त्रिशाख, त्रिशिख, त्रिशीर्ष, त्रिशूल, तिनोक ।

tridentate a. त्रिदन्तुर, त्रिदन्त, तीन दाँतोंवाला ।

Tridentine[1] n. रोमन कैथोलिक, ईसाई ।

Tridentine[2] a. काउन्सिल ऑव् ट्रेण्टसे सम्बन्धित ।

tridimensional a. त्रिविम, त्रिविमीय; त्रिघाती, तीन आयामवाला ।

triduan a. त्राहिक, त्रिदिवसीय, तीन दिनोंका ।

triduo, triduum nn. त्रिदिवसावधि, तीन दिनोंका समय, तीन दिन; त्रिदिवसीय पूजापाठ ।

tried a. प्रयुक्त, प्रयोजित, अनुभूत; विश्वस्त, विश्वसनीय, परीक्षित ।

triennial a. & n. त्रैवार्षिक (पौधा या वर्षगाँठ), तीन-वर्षीय (वृक्ष), तिसाला (*~ election, report*) ।

triennium n. त्रयब्दी, त्रिवर्षावधि, तीन सालका समय, तीन बरस ।

trier n. प्रयोक्ता, आजमानेवाला ।

trierach n. (यूनानी पुरा०) पोताध्यक्ष, पोतश्रेष्ठी ।

trifid a. (जीववि०, वन०) त्रिधा, त्रिविभक्त ।

trifle[1] n. लेश, लव, क्षुद्र वस्तु, नगण्य पदार्थ, साधारण चीज (*waste time in ~s*); छोटा खिलौना; अल्प

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

धन, क्षुद्र धनराशि (*spare a ~ for the porter*); सामान्य कौंमी।

trifle[2] v.i. & t. तुच्छ बातें करना, तुच्छ कार्य करना; अति व्यय करना, फिजूल खर्च करना; समय नष्ट करना, खोना, गँवाना; *~ with* तिरस्कार करना, अवमान करना, अपमान करना, तुच्छ समझना; चुटकियोंमें उड़ा देना।

trifler n. बहुभाषी, वाचाल, बकवादी, बकवासी

trifling a. अल्प, लघु, क्षुद्र, तुच्छ, तृणप्राय, नगण्य, हलका, छोटा।

triflingness n. क्षुद्रता, तुच्छता, नगण्यता, छोटाई।

trifocal a. त्रिनाभि (*~ lens*)।

trifoliate a. त्रिदल, त्रिपर्ण, तीन पत्तीवाला।

triforium n. (pl. *-ia*) (गिरजेके मध्यभागमें गैलरीके ऊपर) सामान्यतया छन्न मार्गके रूपमें गैलरी।

trig[1] n रोध, अवरोध, आड़, अड़वार।

trig[2] v.t. सज्जित करना, अलंकृत करना, सजाना, सँवारना; अवरुद्ध करना, आड़ लगाना, रोड़ा अटकाना, अड़वार लगाना।

trig[3] n. TRIGONOMETRY का संक्षिप्त रूप।

trigamist n. त्रिपत्नीक, त्रिभर्तृका, तीन विवाहवाला पुरुष वा स्त्री।

trigamous a. त्रिविवाह-विषयक, तीन शादियोंका।

trigamy n. त्रिविवाह, तीन विवाह करना।

trigeminal a. त्रिशाख (*~ nerve*)।

trigger n. (बन्दूक इत्यादिका) घोड़ा; बाधा, रोक, अटकाव।

triggered a. रोधयुक्त, घोड़ेदार, आड़दार।

triglot a. त्रिभाषान्तरित, तीन भाषाओंमें लिखा हुआ।

triglyph n. (पच्चीकारीमें प्रयुक्त) तीन नाली वाला भूषण।

trigon n. त्रिभुज, त्रिकोण, तिकोन।

trigonal a. (गणित) त्रिकोणी, त्रिकोणात्मक, त्रिभुजात्मक, त्रिभुजाकार, तिखूँट, तिकोनिया (*~ division*)।

trigonic a. त्रैभुजिक, त्रिभुजीय, त्रिभुज-सम्बन्धी।

trigonometer n. त्रिकोण-मान, त्रिकोण-मापी, त्रिकोण-मापक यन्त्र।

trigonometric, -al aa. त्रिकोण-मितीय, त्रिकोण-भूमितीय;
~ function, ~ land marks, ~ point, ~ ration, ~ station, ~ survey, ~ symbol, ~ theorem.

trigonometry n. त्रिकोण-मिति, त्रिकोण-भूमिति।

trigonous a. = TRIGONAL.

trigrip n. त्रिग्रभ, तेहरी पकड़ (*~ clamp*)।

trihedral a. त्र्यनीक, त्रितल (*~ angle*)।

trihedron n. त्र्यनीक, त्रितल।

trihybrid a. त्रिसंकर (*~ inheritance*)।

trijunction n. त्रिसंगम, त्रिबन्ध, तीनका जोड़ (*~ mark, pillar*)।

trike n. & v. i. (बोल०) = TRICYCLE.

trilateral a. त्रिपार्श्व, त्रिभुज, तीन भुजाओंका।

trilingual a. त्रैभाषिक, तीन भाषाओंका।

triliteral a. त्र्यक्षर, तीन अक्षरोंका।

trill[1] n. कम्पित स्वर, स्वरकम्पन, गिटकरी, थर्राहट, कम्पन, खनक।

trill[2] v. i. & t. कम्पित स्वर उत्पन्न करना, काँपती हुई आवाज निकालना; काँपना, थर्राना, खनकना; कम्पित स्वरमें गाना, गिटकिरी भरना, लहराती हुई आवाजमें बोलना।

trilling १. n. त्रिक, संयुक्त मणिभ, तिहरा बिल्लौर, तीन जुड़वाँ बच्चोंमेंसे प्रत्येक; २. a. प्रकम्पी, स्पन्दनशील, लहरिया (*~ laughter*)।

trillion n. & a. करोड़ ख, महासंख, पद्म, एक खरब, अमरीकी ट्रिलियन ⊙, (कहीं) महापद्म।

trillionth a. & n. अष्टादशखम, द्वादशखम, महापद्मम, खरववाँ।

Trillium n. त्रिपर्ण नीलोत्पल।

trilocular a. त्रिकोष्ठ, त्रिकोष, तीन कोठड़ियोंवाला।

trilogy n. (ग्रीक पुराण) त्रयी, नाटकत्रय, तीन दुःखान्त नाटक; ग्रन्थत्रय, भाषणत्रय।

trim[1] n. वेशभूषा, शृंगार, बनाव सिंगार; समंजन, समाकृन्तन, काटछाँट, टीपटाप; (विशे० नौवि०) सुव्यवस्था, सुस्थिति, अच्छी दशा, अच्छी हालत; (*found everything in ~*); *~ of the masts* (नौवि०) मस्तूलोंका व्यवस्थित क्रम।

trim[2] v.t. & i. व्यवस्थित करना, ढंगसे सजाना, साफ-सुथरा करना; परिष्कृत करना, समाकृन्तन करना, काटछाँटकर ठीक करना, सजाना, सँवारना; (*off, away* के साथ) कतरकर हटा देना, छोलकर साफ कर देना, साफ सुथरा बनाना, स्वच्छ वेशभूषा धारण कराना या करना, सजधज या टीपटापसे तैयार करना; बनाना; (वस्त्रोंपर) झालर लगाना, गोटापट्टी लगाना; (नौवि०, स्थान और यात्रियोंकी अदलाबदलासे जहाज इत्यादिका) बोझ बराबर कर लेना; (मस्तूलों या पालोंको) हवाके रुखके अनुसार व्यवस्थित करना; मध्यमार्गी होना, अवसरवादी होना, थालीका बैंगन होना, (बोल०) तीव्र भर्त्सना करना, आड़े हाथों लेना, कसके खबर लेना, अच्छी तरह ठोंकना; ठगना, मूँडना, झटक लेना; लाभकी स्थितिमें रहना; *~ person's jacket* कोड़े लगाना; *~ the shore* (मछलियोंके झुण्डका) किनारे-किनारे चलना।

trim[3] a. सुव्यवस्थित, सुरचित, सुसज्जित, परिष्कृत, स्वच्छ, साफ, सजीला, सुथरा, ठीक, बना-ठना;
~-ankled, ~-bearded, ~-bodiced, ~-bodied, ~-cut, ~-dressed, ~-hedged, ~-kept, ~-looking, ~-suited, ~-swept, ~-waisted.

trimensual a. त्रैमासिक, तिमाही, प्रत्येक तीसरे महीने होनेवाला।

trimerous n. (वन०) त्र्यवयव, त्रिभाग, त्रिखण्ड (*~ theory*)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

trimester n. तिमाही।
trimetallism n. त्रिधातुता।
trimeter n. & a. त्रिमान; त्रिपदी, तीन पदोंवाला।
trimetric, -al aa. त्रिमानिक; त्रिमात्रिक, त्रिपदात्मक, त्रिपदीयुक्त।
trimmer n. समंजनकर्त्ता, व्यवस्थापक, सजानेवाला; समाकृन्तक, काँट-छाँट करनेवाला (*coat, hat, -~*); गोटा-पट्टी टाँकनेवाला; तटस्थ व्यक्ति, कालानुवर्ती व्यक्ति, अवसरवादी जन, थालीका बैंगन, बेपेंदीका लोटा; कतरनी, कतरनेका औजार; (अँगीठी आदि उठानेके लिए) लकड़ीका टुकड़ा।
trimming n. समाकृन्तन; सज्जा, सुव्यवस्था, सजाव-सिंगार, काट-छाँट; गोटा-पट्टी; (pl.) शोभोपकरण, भूषा-पट्टी, झालर, सजाव-सिंगारकी वस्तुएँ; कतरन।
trimness n. सुव्यवस्था, सुस्थिति, स्वच्छता; शृंगार, साज-सिंगार, टीपटाप।
trimonthly a. त्रैमासिक, तिमाही।
trimorphic a. (जीववि०, वन०) त्रिरूप।
trimorphism n. (जीववि०) त्रिरूपता।
trimorphous a. त्रिरूप।
trinal, trinary aa. त्रिगुणात्मक, तिहरा, तिगुना।
trindle[1] n. खपची, तीली; = TRUNDLE[1].
trindle[2] v.t. & i. = TRUNDLE[2].
trine a. त्रिगुणात्मक, त्रिखण्डात्मक, तिहरा।
tringle n. पर्दा लटकानेकी छड़; मसहरीका डण्डा; (स्था०) छोटा साँचा, वर्गाकार सज्जा; (गोलन्दाजीमें) पिछली रोक।
trinitrotoluene, -uol n. एक अत्यधिक विस्फोटात्मक पदार्थ, बम (T. N. T.)।
trinity n. त्रित्व, तीन होना; त्रय, त्रिमूर्ति, त्रिसमूह, त्रिगुट (पिता, पुत्र तथा पवित्रात्माके त्रयकी प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति); त्रिदेव; T~ House (पोतचालकोंको लाइसेंस देनेवाला, प्रकाश-गृहोंका निर्माण करनेवाला) एक संगठन; T~ Sunday त्रित्व रविवार, ईस्टरके बादका आठवाँ रविवार।
trinket n. क्षुद्र भूषण, सामान्य अलंकार, साधारण गहने (अँगूठी, छल्ले इत्यादि); कोई छोटी-सी बढ़िया वस्तु।
trinketry n. छोटा-मोटा गहना या जेवर।
trinomial a. (गणित, व्या०) त्रिपद, त्रिनाम, त्रिशब्द, तीन शब्दोंका (*~ expression*)।
trio n. (pl. *-s*) त्रय, त्रिक, तीन वाद्योंके लिए उपयुक्त कृति, तीन कण्ठोंसे गायी जाने योग्य रचना; त्रिवादक-समूह, त्रिगायकवृन्द; नृत्यविशेष; (प्रयाण-गीत आदिके लिए) द्वितीय खण्ड; त्रयी, व्यक्तित्रय, तिकड़ी, तीनकी टोली; (*piquet* नामक ताशके खेलमें) तीन इक्कों, बादशाहों या रानियोंकी रम्मी।
triode a. त्र्यणु, तीन विद्युदणुवाला (*~ values*)।
triole n. (संगीत) = TRIPLET.
triolet n. अष्टपदी, आठ पंक्तियोंकी कविता-विशेष, अठपदी, अठपाई, आठ चरणोंका छन्द।
Triones n. pl. सप्तर्षि, हल।
trior n. दे० TRIER.
trip[1] n. पर्यटन, आमोदयात्रा, विहार, जलयात्रा, सैर, सफर; फेरा, खेवा, खेप; द्रुत चरण, सत्वर पदनिक्षेप; (शा० एवं ला०) स्खलन, बाधा, व्यवधान, विघ्न, अड़ंगा, भूल, ठोकर, डगमगाहट; रोध, रोधन, रोड़ा अटकाया जाना; जलयात्रा गृहीत मत्स्य।
trip[2] v. i. & t. स्खलितपद होना, लड़खड़ाना, डगमगाना, ठोकर खाना, अड़बड़ाना; ठोकर देना, अड़ंगी मारना, अड़ाना, रोकना; सत्वर पदनिक्षेप करना, थिरकना; तेजी और नजाकतसे नाचना; (ला०, लयका) सहज गतिसे चलना; (लयमें) प्रवाह होना; (प्रा०) पर्यटन करना, आमोदयात्रा करना, जलयात्रा करना, सैर करना, सफर करना; भूल करना, चूकना, गलती करना; गलती करते पकड़ना, असंगत कार्य करना, अनिश्चित काम करना; नैतिक अपराध करना; मशीन चालू करना, खटका दबाकर खोल देना, आड़ हटाकर चला देना, लंगर उठाना, चल पड़ना।
tripartite a. त्रिखण्ड, त्रिभाग, त्रिभागीय, त्रिविभक्त, त्रिधाकृत; (वन० शा०) त्रिदलीय, तिनपतिया, तिफाँका; त्रिपक्षीय (*~ treaty*)।
tripartition n. त्रिभागत्व, त्रिविभाग; त्रिदलत्व।
tripe n. (बैलकी) ओझड़ी, ओझरी; (अब ग्रा०; प्रायः pl.) अन्त्र, आँतें, जठर, उदर, पेट; (ग्रा०) घटिया सामान; गन्दगी, वेतुकी बात; ~man खोंचेवाला।
tripedal a. त्रिपाद, तीन पैरोंका।
tripersonal a. त्रिव्यक्ति, त्रिपुरुष।
tripersonality n. त्रिव्यक्तित्व, त्रिपुरुषत्व।
tripery a. ओझड़ीकी दुकान।
tripetalous a. (वन०) त्रिदल, त्रिपत्र।
triphibian a. (सेना० ग्रा०) जल-थल-वायु-सम्बन्धी; जल-थल-वायु-अभ्यस्त।
triphthong n. (भाषा०) त्रिस्वर, त्रियुक्त स्वर (जैसे *adieu* में)।
triphthongal a. त्रिस्वरीय।
tripinnate a. (वन०) त्रिपक्ष, त्रिपक्षवत्, तीन पंखवाला।
triplane n. त्रितल, तीन पंखोंका हवाई जहाज।
triple[1] v.t. & i. त्रिगुणीकृत करना, तिगुना करना या होना, तिहरा करना या होना; (इंजिनमें) भापके तीन वेलन लगाना; (भापके तीन वेलन लगानेवाला) इंजिन बनाना; *~* time (संगी०) त्रिताल, तिताला।
triple[2] a. त्रि-, त्रिगुण, तिगुना, तेहरा, तिलड़ा; त्रिविध, त्रिधा, त्रिवार (*~ boycott*);
~-aisled, ~-arched, ~-awned, ~back, ~-barbed, ~-barred, ~-bodied, ~-bolted, ~-branched, ~-chorded, ~-coloured, ~-crested, ~-crowned, ~-decked, ~-distilled, ~-dyed, ~-edged, ~ expansion, ~fold, ~-formed, ~ fusion, ~-gemmed, ~-hatted, ~-headed, ~ integration, ~-lived,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~-piled, ~ point, ~-rayed, ~ response, ~-ribbed, ~ riveted, ~ star, ~-stranded, ~tail, ~-tailed, ~-terraced, ~-throated, ~-tiered, ~-tongued, ~-toothed, ~-towered, ~tree, ~-turned, ~-turreted.

triplet n. त्रिक, त्रिसमूह, त्रिपदी कविता, समतुकान्त पद्यत्रय; (बोल०; एक साथ उत्पन्न) तिक्का बच्चे (नौवि०) जंजीरकी कड़ियाँ।

triplex[1] n. (संगीत) त्रिताल, तिताला; त्रिभागी कृति।

triplex[2] a. त्रिक, त्रिगुण, त्रिस्तर, तिहरा (~ *glasses*)।

triplicate[1] n. तृतीयक; तृतीयक-स्थिति; तीन प्रतियाँ, तीसरी प्रति; *in* ~ तीन प्रतियाँ।

triplicate[2] v.t. त्रिगुणित करना, तिहरा करना; तीन प्रतियाँ बनाना या निकालना।

triplicate[3] a. त्रिगुणित, तिगुना, त्रिस्तर, तिहरा, तिलड़ा; तीन प्रतियोंवाला (~ *certificate*)।

triplication, triplicature nn. त्रिप्रतिकरण, तीन प्रतियाँ बनाना।

triplicative a. त्रिगुणक, त्रिस्तरक, तिहरा करनेवाला।

triplicity n त्रैविध्य, त्रैगुण्य, तिगुनापन।

triploid a. त्रिगुण, तिगुना।

triplopia n. त्रिदृष्टि, तीन-तीन दिखाई देनेका रोग।

tripod n. त्रिपाद, त्रिपदी, तिपाई (~ *stand*)।

tripodal a. त्रिपदाकार, तिपाई-जैसा, तिपाईका।

tripoli n. दे० ROTTEN-stone; सैकतक्षोद, युक्ताप्य-मृदा, कुरुम पत्थर।

tripos n. प्रावीण्य-परीक्षा, आनर्सका इम्तहान; प्रावीण्य-परीक्षोत्तीर्ण परीक्षार्थियोंकी सूची।

tripper n. पर्यटक, यात्री, मुसाफिर; अड़गेबाज।

trippet n. = TRIVET.

tripping a. पर्यटनशील, यात्रा करनेवाला, मुसाफिरी करनेवाला।

tripsis n. मर्दन, मालिश।

tripterous a. त्रिपक्षी, तीन पंखवाला।

triptych n. त्रिफलक चित्र, तीन फलकोंपर बनी तस्वीर; त्रिपट्ट, एक साथ जड़ी तीन तख्तियाँ।

tripudiate v.i. (पाण्डित्यपूर्ण प्रयोग) आनन्दविभोर होकर नृत्य करना; ~ *upon* विजय या विद्वेषके साथ नाचना।

tripudium n. (प्रा० रोमन) धार्मिक नृत्य; नृत्य, नाच।

tripy a. (ग्रा०) तुच्छ, घटिया, मामूली।

triquetrous a (वन०) त्रिकोण, त्र्यनीक।

triradiate a. त्रिकिरण, त्र्यरी (~ *fracture*)।

trireceptor n. त्रिग्राही (~ *theory*)।

trireme n. पतवार-त्रय-युक्त युद्धपोत, तीन डाँड़ोंकी तीन पंक्तियोंवाला युद्धपोत।

trisect v.t. त्रिधाकृत करना, त्रिभाजित करना, समत्रिभाजन करना, तीन भागोंमें विभक्त करना।

trisection n. त्रिधाकरण, त्रिभाजन, समत्रिभाजन, त्रिभाग; त्रिच्छेदन, समत्रिच्छेदन।

triseme a. (का०) नगणसम।

trismus n. (चिकि०) हनुस्तम्भ, जबड़ेका लकवा।

triste a. विषण्ण, दुःखी।

tristesse n. विषण्णता, उदासी।

tristful a. (प्रा०) खिन्न, अवसन्न, उदास।

trisyllabic, -al aa. त्र्यक्षर, त्रैशब्दांशिक, त्रिशब्द-सम्बन्धी, त्रिपदांश-विषयक।

trisyllable n. त्र्यक्षर, त्रिशब्दांश, त्रिपदांश।

tritagonist n. (ग्रीक नाटकमें) तृतीय अभिनेता।

tritanopia n. अंशवर्णान्धता।

trite a. अतिसामान्य, बहुत साधारण, मामूली; जीर्ण, उच्छिष्ट, पुरातन, प्राचीन, पुराना; अतिव्यवहृत, घिसा-पिटा, रद्दी।

tritely adv. साधारणतः, सामान्य रूपसे, मामूली तौरपर।

triteness n. सामान्यता, साधारणता; जीर्णता, पुरानापन।

tritheism n. त्रिदेववाद, देवत्रयवाद, (तीन देवों—पिता, पुत्र एवं पवित्रात्मा—का सिद्धान्त)।

tritheist n. त्रिदेववादी।

tritheistic, -al aa. त्रिदेव-, त्रिदेववादी, देवत्रयवाद-विषयक।

triticoid a. गोधूमवत्, गोधूम-सदृश, गेहूँ-जैसा।

tritocerebrum n. पश्चमूर्धा, खोपड़ीका पिछला हिस्सा।

tritoral a. परिपेषी, पीसनेका (~ *area*)।

triturable a. विचूर्णीय, परिपेषणीय, बारीक करने योग्य; चर्वणीय, चबाने योग्य।

triturate v.t. विचूर्णन करना, परिपेषण करना, परिघर्षण करना, बारीक करना, पीसना, बुकनी करना; चर्वण करना, चबाना।

trituration n. विचूर्णन, परिपेषण, परिघर्षण, पिसाई; चर्वण, चबाना।

triturator n. विचूर्णक, परिपेष्टा; बारीक पीसनेका यन्त्र।

triumph[1] n. (रोम पुरा०) शोभायात्रा, जययात्रा, जयहर्ष, विजयोत्सव, जलूस, जलसा; महासिद्धि, प्राप्ति, जय, विजय, जीत (*returned home in* ~); आह्लाद, उल्लास, आनन्द (*great was his* ~ *on hearing this*); विजयोल्लास-प्रदर्शन।

triumph[2] v. i. विजयोत्सव मनाना, विजयानन्द लेना; विजय प्राप्त करना, सफल होना; आनन्दविभोर होना, फूला न समाना, खुशी मनाना; जयघोष करना।

triumphal a. विजय-विषयक, विजयोल्लास-सम्बन्धी, विजय-सूचक (~ *progress*)।

triumphant[2] a. विजेता, विजयी, जयशाली, सफल, कामयाब; उल्लसित, आनन्दित; विजयाभिमानपूर्ण, उल्लास-सूचक, आनन्दविभोर।

triumphantly adv. अभिमानपूर्वक, इतराते हुए।

triumpher n. जेता, विजेता, जीतनेवाला।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

triumvir n. (रोमन इति०) त्रिशासक, शासकत्रय ।
triumviral a (रोमन इति०) त्रिशासकीय, शासकत्रयात्मक; त्रिकतन्त्र, त्रिकशासन ।
triumvirate n. (रोमन इति०) त्रिनरप्रभुत्व, त्रिशासकपद, शासकत्रयाधिकार; शासकत्रय, त्रिशासक-समूह ।
triune a. त्रयात्मक, त्रिक, एकमें तीन ।
triunity n. त्रयात्मकता ।
trivalence, -cy nn. त्रिवत्ता, त्रियुक्तता; त्रिसंयुजता ।
trivalent a. त्रिसंयुज, त्रियुक्त ।
trivariant a. त्रिचर, त्रिवर्ती ।
trivet n. (देगची इत्यादि रखनेकी) त्रिपादी, तिपाई; (अँगीठी इत्यादिमें झँझरीको साधनेके लिए) लोहेका कुन्डा या कड़ा; *right as a* ~ (बोल०) स्वस्थ, प्रसन्नचित्त, सम्पन्न, ठीकठाक, बिलकुल ठीक ।
trivia n. (pl.) क्षुद्रताएँ, तुच्छताएँ, नीचताएँ ।
trivial a. क्षुद्र, तुच्छ, नगण्य, महत्त्वहीन, छोटा, हल्का, मामूली (*raised* ~ *objections*); अयोग्य, अनैतिक, सामान्य, साधारण; (वन०, जन्तुवि०) अवैज्ञानिक, लोकप्रचलित, जाना-समझा ।
trivialism n. क्षुद्रत्व, तुच्छता, नगण्यता, महत्त्वहीनता, छोटापन, हल्कापन, मामूलीपन; अयोग्यता, अनैतिकता; सामान्यता, साधारणता ।
triviality n. क्षुद्रता, तुच्छता इत्यादि; क्षुद्र वस्तु ।
trivialize v.t. क्षुद्र बनाना, तुच्छ बनाना, नगण्य बनाना, महत्त्वहीन बनाना; सामान्य करना, साधारण कर देना ।
trivially adv. क्षुद्रतया, तुच्छतया, तुच्छ रीतिसे, अनैतिक रूपसे; सामान्यतया, साधारणतः, मामूली तौरसे, सरसरी तौरपर ।
trivialness n. = TRIVIALITY.
trivium n. (इति०, मध्ययुगीन विद्यालयोंमें) त्रिकला (अर्थात् व्याकरण, अलंकारशास्त्र तथा तर्कशास्त्र); (जीववि०) त्रिबाहु ।
triweekly a. त्रैसाप्ताहिक (~ *paper*) ।
troat n. & v. i. भ्याँ-भ्याँ (करना) ।
trochaic a. द्व्यक्षरीय-गण-विषयक, गुरु-लघुसे युक्त गण-सम्बन्धी; द्व्यक्षरीय-गण-विरचित, लघु-गुरु-युक्त गणमें रचित ।
trochaics n. (pl.) द्व्यक्षरीय-गण-युक्त पद्य ।
trochal a. (जन्तुवि०) वलयाकार, चक्राकार, गोलाकार ।
trochanter n. उरुकूट, जंघाकूट, पुट्ठा ।
troche n. दवाईकी टिकिया ।
trochee n. द्व्यक्षरीय गण, लघु-गुरु-युक्त छन्दोगण ।
trochilics n. वृत्तगति-विज्ञान, वैवर्तिकी ।
trochlea n. (श० र० शा०; pl. *trochleae*) घिरनी-सदृश-यन्त्र, चरखी-जैसा पुर्जा, घर्घरी, गरारी, पुल्ली ।
trochlear a. (श० र० शा०) घिरनी-सदृश, चरखी-जैसा, गरारीवाला ।
trochleate a. (वन०) घर्घरीयुक्त, घिरनीवाला, चरखीदार, गरारीवाला ।
trochoid १. n. (~ *joint* भी) विवर्तसन्धि; शम्बूक, घोंघा; २. a. विवर्ती (~ *curve*); घोंघेजैसा ।
trochometer n. = HODOMETER.
troco n. (एक मैदानी खेल) ट्रोको, मैदानी बिलियर्ड ।
trod TREAD का भू० का० ।
trodden TREAD का भू० कृ० ।
troglodyte n. कन्दरावासी, गुहा-निवासी, गुफामें रहनेवाला; (ला०) एकान्तवासी; (pl.) चिकुर ।
troglodytic, -al aa. कन्दरावासीय, गुहानिवासी-विषयक; एकान्तवासी-सम्बन्धी; चिकुर-प्रजातीय ।
troglodytism n. कन्दरावास, गुहानिवास; एकान्तवासका सिद्धान्त ।
troika a. ट्रोइका, (तीन घोड़ोंकी गाड़ी) ।
Trojan a. & n. (ला०) साहसिक, साहसपूर्ण कार्य करनेवाला; (ला०) (आपदाओंके प्रति) तितिक्षु, सहनशील; *like a* ~ साहसके साथ ।
troll[1] n. बारी-बारीसे गाया हुआ गीत; बीचमें उठाया हुआ अन्तरा; (मछली मारनेकी) लकड़ीकी गरारी; (चारेकी तरह प्रयुक्त) तैरती हुई चमकीली धातु ।
troll[2] v.t. & i. निश्चिन्त भावसे गाना, मुक्त कण्ठसे गाना, दिल खोलकर गाना; मछली मारना; (प्रा०; बोतलको) मेजपर घुमाना, चक्कर खिलाना, फेरना; घूम-घूमकर चलना, लुढ़कना; लुभाना, फुसलाना ।
troll[3] n. दैत्य, भूत, जिन्न; वामन ।
troller n. निश्चिन्त गायक, मुक्तकण्ठ गायक, दिल खोलकर गानेवाला; मत्स्याखेटक, मछुआ, मछली मारनेवाला; (बोतलको मेजपर) घुमानेवाला, चक्कर खिलानेवाला ।
trolley n. (pl. *-s*) ठेला, ठेलागाड़ी, ट्राली; (~*-table* भी) पहियेदार मेज; (बिजलीके तारमें लगाकर ट्राम चलानेकी) फिरकी, गरारी; (~*-lace* भी) मोटे डोरेका कढ़ाईवाला फीता; ~-bus ठेलागाड़ी; विद्युत्से चलनेवाली बस; ~-car ⊙ विद्युच्चालित ट्रामगाड़ी; ~man ठेलेवाला ।
trollop n. फूहड़ स्त्री; वेश्या, रण्डी ।
trollopish, trollopy aa. फूहड़; आवारा; वेश्यावत्, रण्डी-सी ।
trolly n. TROLLEY (*-lace*).
trombidium n. इन्द्रगोप, बीरबहूटी ।
trombone n. सुतूर्य, बड़ा बिगुल, रमतूला, तुरही ।
trombonist n. सुतूर्यवादक, बड़ा बिगुलिया, रमतूला या तुरही बजानेवाला ।
trommel n. छलनी, छन्ना, चलनी, चन्नी ।
tromometer n. भूस्पन्दनमापी, भूचालके धक्के मापनेका यन्त्र ।
trompe n. जलभस्त्रा, पन-धौंकनी ।
tron n. (प्रा०) तुला; मण्डी ।
trona n. विक्षार, सोडा ।
troop[1] n. वृन्द, समुदाय, समूह, टोली, झुण्ड, गण; रेवड़, जमघट, जत्था (*a* ~ *of school-children*);

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(pl.) सैनिक, सैन्यदल, सिपाही; गुल्म, सेना, फौज, लश्कर; टुकड़ी; अश्वारोही दल, घुड़सवारोंका दस्ता; तोपची जत्था; अश्वारोही-नायकत्व; प्रस्थानतूर्य, कूचका नगाड़ा; अभिनेता-मण्डली, खेल-तमाशावालोंकी कम्पनी; ~-carrier सेनावाहक (विमान); ~ship सैन्यजलयान, सैनिकपोत; *get* one's ~ कप्तान हो जाना।

troop[2] v. i. & t. (*up, together* के साथ) एकत्र करना या होना, इकट्ठा करना या होना, जमा करना या होना; (*along. in, out* के साथ) समुदायरूपमें चलना, दल बनाकर चलना, फौजका मार्च करना; जत्था बाँधना; (बहुव० कर्ताके साथ) चल देना, चले जाना (*off, away* के साथ); सैन्यदल बनाना, रेजीमेण्टको टुकड़ियोंमें बाँटना।

trooper n. अश्वारोही सैनिक, घुड़सवार सिपाही; सैन्याश्व, घुड़सवार सेनाका घोड़ा; सैन्यजलयान, सैनिकपोत; *swear like a* ~ बहुत शपथ उठाना।

trope n. रूपक, लाक्षणिक प्रयोग, आलंकारिक अभिव्यक्ति, व्यंग्यात्मक प्रयोग, अलंकार।

trophesial a. = TROPHIC.

trophesy n. अपूर्ण पोषण, अपथ्य-सेवन।

trophic a. पोषणात्मक, पोषण-विषयक, पोषण-सम्बन्धी (~ *nerves*)।

trophied a. विजयस्मारकयुक्त, जयचिह्नभूषित।

trophism n. पोषण, पथ्याचार, खाद्य-सेवन।

trophology n. पौषिकी, पोषण-विज्ञान, पथ्यशास्त्र।

trophopathy n. पोषविकार, अपथ्य।

trophoplasm n. पोषरस, पथ्य रस।

trophotherapy a. पोष चिकित्सा, पथ्योपचार।

trophy n. (ग्रीक पुरा०) विजित शत्रुके शस्त्रास्त्र, विजयस्मारक, जयस्मारक, विजयचिह्न; विजयोपहार, पारितोषिक, पुरस्कार; स्मरण-प्रार्थना; (दीवालपर अलंकृत) स्मृति-प्रतीक, स्मृतिचिह्न।

tropic[1] n. अयनवृत्त, २३° २७′ उत्तरी या दक्षिणी अक्षांश; उष्णवलय, उष्ण-कटिबन्धकी सीमारेखाएँ; क्रान्तिमण्डल; (pl.) उष्ण कटिबन्ध, उष्णप्रदेश; ~ of Cancer कर्क रेखा; ~ of Capricorn मकर रेखा।

tropic[2]**, -al** a. उष्णवलयिक, उष्णकटिबन्धीय, उष्णदेशीय, उष्णप्रदेशीय (~ *cyclone*); (ला०) उष्ण, तीव्र, उत्तेजनापूर्ण; ~ year सौर वर्ष;

~ belts, ~ climate, ~ country, ~ disease, ~ forest, ~ heat, ~ medicine, ~ plants, ~ rain, ~ region, ~ zone.

tropism n. आवर्तना; अलंकार, लाक्षणिक प्रयोग।

tropist n. अलंकार-प्रयोक्ता, व्यंग्य-प्रयोक्ता, लाक्षणिक प्रयोग करनेवाला।

tropology n. अलंकारशास्त्र, अलंकार प्रयोग।

tropopause n. परिवर्त, अवसान, शान्त मण्डल।

troposphere n. परिवर्ती मण्डल, क्षोभ-मण्डल।

tropostereoscope n. द्विरूपदर्शी।

troppo adv. अति, अतिशय, बहुत अधिक।

trot[1] n. दुलकी चाल, कूकर चाल; लम्बे-लम्बे डगोंसे मजेसे दौड़नेका व्यायाम; (ला०) दौड़-धूप; दृढ़ परिश्रम, मेहनतका काम; स्खलितपग शिशु, डगमगाकर चलनेवाला बच्चा; खूसट बुढ़िया; *keep* one *on the* ~ किसीको व्यस्त रखना।

trot v.i. & t. (*-tt-*) दुलकी चाल चलना, दुलकी चलना या चलाना; लम्बे-लम्बे डग रखकर मजेमें दौड़ना; (प्रायः *along* के साथ) हल्की-सी दौड़से दूरी तय करना; दौड़ा मारना, दौड़ाकर थकाना; दौड़ाकर लाना या पहुँचाना (*~ted him off to death*); ~ *out* घोड़ेसे दुलकी चलाकर दिखाना; (ला०) प्रशंसार्ह ढंगसे प्रदर्शित करना।

troth[1] n. (प्रा०) विश्वास, प्रतीति, सत्यता, सत्य, ईमानदारी, सचाई; *plight* one's ~ सगाईका वचन देना, कौल करना।

troth[2] int. सच !, सचमुचमें !, शपथ लेकर।

trotter n. दुलकी चलनेवाला, दुलकी दौड़नेवाला; दुलकी चालका नसली घोड़ा; (pl.; खाद्यार्थ प्रयुक्त) खुरौड़े, गोड़ी, पशुओंके पैर (जैसे, *sheep's* ~); (हास्य०) मानव-पाद, मनुष्यका पैर।

troubadour n. (११वीं शतीमें फ्रांसके) चारण, भाट; गीतकार, गीत-लेखक।

trouble[1]* n. क्लेश, कष्ट*, दुःख, संकट, विपत्ति, आपदा, परेशानी, तकलीफ* (*a great ~ came upon them*); व्याधि, रोग, बीमारी, मर्ज (*liver, digestive, ~*); असुविधा, बाधा, झंझट; (खनिकर्म) क्षुद्र दोष, मामूली खराबी; शल्य, कण्टक; ~-mirth हर्षद्रोही, आनन्दनाशी; *asking for a* ~ जोखिममें पड़ना; *be in* ~, *get into* ~ दोष लगना, दण्ड मिलना, सजा पाना, कष्ट पाना;

~-free, ~-haunted, ~ house, ~-hunter, ~maker, ~smith, ~-tossed, ~-worn.

trouble[2] v.t. & i. क्लेश देना, कष्ट देना, दुःख देना, संकटापन्न करना, विपद्ग्रस्त करना (*am ~d with neuralgia*); कष्ट उठाना, तकलीफ उठाना; अशान्त होना या करना, उत्तेजित होना या करना, विकम्पित होना या करना, हिलाना, घँघोलना, हिलकोरना; चिन्तित होना, फिक्र करना, घबराना; तंग करना, छेड़ना, दिक करना।

troubled a. बाधित, पीड़ित, व्यग्र, उद्विग्न, विह्वल, आर्त, विकल, सन्त्रस्त, क्षुब्ध, परेशान (~ *waters*)।

troubler n. क्लेशदाता, कष्टदाता, दुःखदाता, विपद्ग्रस्त करनेवाला, तकलीफ देनेवाला।

troublesome a. दुष्ट, क्लेशप्रद, कष्टदायक, दुःखदायी, कष्टकारक, पीड़ाकर, तकलीफ देनेवाला।

troublesomeness n. क्लेशप्रदता, कष्टदायकता; व्यथा, पीड़ा, दुःख।

troublous a. क्लेशमय, कष्टमय; उद्विग्न, क्षुब्ध, चिन्तित, व्याकुल, आन्दोलित, उत्तेजित, परेशान।

trough n. नाँद, कूँड़ा, डोंगी, कुण्डो; नाली, पनाली, पनाला; द्रोणी, कठरा, कठौता, टब; गर्त;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ closet, ~ compass, ~ end, ~ plate, ~ sleeper, ~ type public latrine.

trounce v.t. (शा० एवं ला०) दण्डित करना, दण्ड देना, कसकर मारना, बुरी तरह पीटना, सजा देना।

trouncing n. कड़ा दण्ड, अच्छी मार, बुरी तरहकी पिटाई।

troupe n. अभिनेता-दल, नट-मण्डली, नाच-तमाशे-वालोंकी कम्पनी या टोली।

trouper n. नाट्य-कम्पनीका सदस्य, मण्डलीवाला।

trouser* n. (pl. *pair of -s* भी) पादावार, सलवार, पायजामा*, पतलून; ~-button पतलून या पायजामेका बटन; ~-stretcher पायजामे या पतलूनका शिकंजा; अरगनी।

trousered a. पादावारधारी, पतलूनपोश, पायजामा-वाला।

trousering n. पादावारवस्त्र, पतलून या पायजामेका कपड़ा।

trousseau n. (pl. *-s* or *-x*) नवोढा-वसनभूषण, नयी दुलहिनका साज-सामान, गट्ठर।

trout[1] n. (pl. प्रायः वही) कर्बुरी (मीठे जलकी मत्स्य-विशेष), ट्राउट; ~-coloured शबल, कर्बुर; चित्तीदार, सफेद।

trout[2] v. i. कर्बुरी-आखेट करना, ट्राउटका शिकार करना।

trouting n. कर्बुर्याखेटन, ट्राउटका शिकार करना।

troutlet, troutling nn. लघु कर्बुरी, छोटी ट्राउट।

trouty a. कर्बुरीपूर्ण, ट्राउट मछलियोंसे भरा हुआ।

trouvere n. (११वीं शतीका उत्तरी फ्रांसके चारण-वर्गका), महाकाव्यकार।

trove दे० TREASURE.

trover n. (कानून) वित्ति, सम्पत्ति-सम्प्राप्ति; (निजी सम्पत्तिकी अवाप्तिके लिए) अभियोग, मुकदमा।

trow v.t. (प्रा०) विश्वास करना; सोचना, समझना।

trowel[1] n. कर्णी, करणी, कन्नी; (मालीका) गहरा बेलचा; *lay it on with a* ~ (ला०) चापलूसी करना, खुशामद करना।

trowel[2] v.t. (कन्नीसे) पलस्तर चढ़ाना, गारा फैलाना, चूना लगाना।

trowsers n. (pl.) = TROUSER.

troy n. (~ *weight* भी) हैम तोल-प्रणाली, सोने-चाँदीके बटखरोंकी तोलन-व्यवस्था।

truancy n. कर्मपलायन, कर्तव्यालस्य, सुस्ती, भगोड़ा-पन, आवारापन।

truant[1] n. कर्मपलायक, कर्तव्यालस व्यक्ति, कामचोर आदमी; भगोड़ा विद्यार्थी; *play* ~ भाग जाना, बिना छुट्टीके अनुपस्थित रहना।

truant[2] v. i. (कार्य या कक्षासे) भाग जाना, बेकार घूमना, कामचोरी करना, आवारा बनना।

truant[3] a. पराङ्मुख, कर्तव्यालस, कामचोर, भगोड़ा, घुमक्कड़, आवारा; (आचरण, चरित्र, विचार आदि) निष्क्रियतापूर्ण, आलस्ययुक्त, सुस्त।

truantry n. = TRUANCY.

truce n. अवहार, विरामसन्धि; युद्धनिवृत्ति, युद्धविराम, युद्धविश्रान्ति; (पीड़ा या कार्यसे) विश्रान्ति, विरति, फुरसत; ~ of God धर्मविश्रान्ति; *a* ~ *to* — (प्रा०) बस — समाप्त करो।

truceless a. विरामसन्धिरहित, युद्धविरामशून्य, युद्ध-विश्रान्तिशून्य; विश्रान्तिविहीन, विरामशून्य।

trucial a. विरामसन्धि-विषयक, युद्धविराम-सम्बन्धी, युद्धविश्रान्तीय।

truck[1] n. विनिमय, वस्तुविनिमय, वस्तुशोधन, आदान-प्रदान, व्यापार, लेन-देन, अदल-बदल (*have no* ~ *with them*); बिक्रीका छोटा-मोटा सामान; विक्रयार्थ फल, तरकारियाँ इत्यादि ⊙; (बोल०) कूड़ा-करकट, रद्दी माल; (ला०) व्यर्थ बात, बकवास (*shall have no* ~); मजदूरोंको वस्तुओंके रूपमें पारिश्रमिक देनेकी प्रणाली; delivery ~ ⊙ डाक बाँटनेकी गाड़ी; farmer ~ ⊙ खेत-खलिहानकी गाड़ी; garden ~ ⊙ बगीचेमें उत्पन्न की गयी वस्तुएँ; ~ farming शाक-कृषि; ~ system वस्तुशोधन पद्धति।

truck[2] n. उद्वाही, वाहो, शकट, छकड़ा, गाड़ी, ठेला, ट्रक; सैन्यवाही मोटरगाड़ी; (रेलवे स्टेशनपरका) ठेला; (रेलगाड़ी आदिका) निचला ढाँचा, पहिये इत्यादि; (नौवि०) मस्तूलकी रस्सियाँ बाँधनेका काष्ठखण्ड; (क०) बिना टायरका छोटा पहिया।

truck[3] v.t. ठेले या ट्रक इत्यादिमें ले जाना; सौदा करना, अदला-बदली करना।

truckage n. उद्वहन, ट्रकसे माल ढोना; ठेला-भाड़ा, ट्रकका भाड़ा विनिमयकार्य, द्रव्यविनिमय।

trucker n. विनिमेता, वस्तुविनिमेता, वस्तुशोधयिता, आदान-प्रदान करनेवाला, लेन-देन करनेवाला; उद्वाहन-स्वामी, ट्रकका मालिक।

truckle[1] n. छोटा पहिया, गरारी; (प्रायः ~-*bed*) पहियेदार छोटी चारपाई।

truckle[2] v. i. पहियेदार गाड़ीमें चलना; अधीन होना, वशीभूत होना, हीनता दिखाना, चापलूसी करना, दबना।

truckler n. अधीन व्यक्ति, वशीभूत पुरुष, दब्बू आदमी, चापलूसी करनेवाला।

truckling १. n. चाटुवादिता, चापलूसी, खुशामद; २. a. क्षुद्र, तुच्छ, नीच; खुशामदी।

truculence, -cy nn. विग्रहस्वभाव, द्वन्द्व, लड़ाकूपन; क्रूरता, निष्ठुरता, निर्दयता, बेरहमी; आक्रमणशीलता।

truculent a. विग्रही, द्वन्द्वी, कलहप्रिय; क्रूर, निष्ठुर, निर्दय, बेरहम; आक्रमणशील, लड़ाकू; भीषण।

trudge १. n. भद्दी चाल; २. v. i. & t. बल लगाकर चलना, भद्दी चाल चलना।

trudgen, -eon (गलतीसे) n. (~ *stroke*) तैराकीका एक पैंतरा।

true[1] v.t. (यन्त्र, औजार आदि) ठीक तरहसे लगाना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

फिट करना; ठीक करना, साधना।

true[2]* a. सत्य, सच्च, ठीक (*is ~ that he refused*); यथार्थ, यथातथ्य, अवितथ, सत्य, वास्तविक, सच्चा*, असली (*frog is not a ~ reptile*); यथारूप, यथाकथित, प्रामाणिक, तर्कसंगत, युक्तिसंगत, युक्त, उचित; अकृत्रिम, स्वाभाविक, शुद्ध, विशुद्ध, खरा, साफ, चोखा; पूर्णतः अनुरूप; (ध्वनि) ठीक सधी हुई; निष्ठावान्, स्वामिभक्त, प्रभुभक्त, विश्वस्त, वफादार, ईमानदार; दृढ़, अटल, पक्का; सीधा, एक-सा, सुडौल; सत्यभाषी, सच्चा; तद्रूप; ~ bill सच्चा आरोप-पत्र; ~-blue अटल सिद्धान्ती, दृढ़ भक्ति, पक्का, खरा, सच्चा, ईमानदार (व्यक्ति); ~-hearted निष्कपट, विश्वस्त, ईमानदार, सच्चे हृदयका; ~-heartedness निष्कपटता, विश्वस्तता, सरलता; ~-love प्रियतम, प्रिय, प्यारा, प्रिया, प्रियतमा, प्यारी; ~-lover('s) knot दुहरी गाँठ; पक्का प्यार; ~penny (प्रा०) सच्चा आदमी, ईमानदार आदमी; ~ to type ठीक, खरा;

~ account, ~-aimed, ~ allegiance, ~ anomaly, ~ area, ~ badger, ~ balance, ~ barometer, ~ bearing, ~-born. ~-bred, ~ breeding, ~ cinnamon, ~ copy, ~ daily account, ~-devoted, ~ dichotomy, ~ discount, ~ dissolution, ~ equator, ~ extract, ~ fallow, ~ finality, ~ flight, ~ fruit, ~-grained, ~ immunity, ~ interest, ~ length, ~ mean current, ~ mean place, ~ mustard, ~ north, ~ nucleolus, ~ nutmeg, ~ oil palm, ~ orbit, ~-paced, ~ ribs, ~ root, ~ score, ~ soil, ~ solution, ~ spider, ~ spoken, ~ statement, ~ story, ~ strength, ~ sun, ~ temperature, ~-toned, ~-tongued, ~ value, ~ weight.

true[3] adv. सत्यतः, सच्चे रूपमें, ठीक-ठीक; ईमानदारीसे, सचाईसे।

trueness n. सत्यता, सचाई।

truffle n. कन्द-कवक, खुम्भी, कुकुरमुत्ता।

truffled a. खुम्भीदार, कुकुरमुत्तेवाला।

trug n. काष्ठभाण्ड, लकड़ीकी तश्तरी, लकड़ीकी ट्रे, डलिया, झावा, टोकरी।

truism n. स्वयंसिद्धि, स्वतः सिद्ध सत्य, निःसन्देह वाक्य; घिसापिटा सत्य, सामान्य उक्ति।

trull n. (प्रा०) स्वैरिणी, वेश्या, छिनाल।

truly adv. ईमानदारीसे (*has served ~*); वस्तुतः, सचमुच, ठीक ठीक, वाकई (*a ~ courageous act*); ~ yours भवदीय ही।

trump[1] n. (प्रा० का०) तूर्य, तुरही, तासा, बिगुल; तूर्यध्वनि, तुरहीकी आवाज (*~ of doom*)।

trump[2] १. n. (ताशके खेलमें) तुरुप; अन्तिम साधन; (बोल०) साहसी व्यक्ति, उदार पुरुष, साधनसम्पन्न जन, उत्तम व्यक्ति; २. v.t. &. i. तुरुप देना, चाल चलना, पत्ता चलना, धोखा देना; ~ card काटका पत्ता; ब्रह्मास्त्र; ~ *up* (कहानी) गढ़ लेना, (बहाने) बनाना; *turn up* ~*s* सफल होना।

trumpery[1] n. असार द्रव्य, कृत्रिम वस्तुएँ, दिखावटी चीजें, रद्दी माल, टीम-टाम; झूठ, धोखा; मूर्खता, नासमझी, बेवकूफी; पत्नी।

trumpery[2] a. कृत्रिम, दिखावटी, निरर्थक, नुमायशी, निकम्मा; मिथ्या, असत्य, असार, तुच्छ, झूठा।

trumpet[1] n. तूर्य, तुरही, भेरी, नरसिंघा; तूर्यवादक, तुरही बजानेवाला (*~-major*); (इति०) तूर्य-सदृश वस्तु, तुरहीके आकारकी चीज; तूर्य-ध्वनि, तुरहीका शब्द; (प्राणिवि०) श्वासशृंग; feast of ~s (यहूदी) नववर्षोत्सव; ~-call तूर्य-ध्वनि, तुरहीकी आवाज; (ला०) शीघ्र आवाहन; ~ creeper शृंगवल्ली; *blow* one's *own* ~ अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना।

trumpet[2] v.t. & i. तूर्यनाद द्वारा घोषित करना, घोषणा करना; (ला०) विज्ञापित करना, प्रचारित करना, तुरही बजाना; (हाथी आदिका तुरहीकी ध्वनिके सदृश) चिंघाड़ना।

trumpeter[1] n. तूर्यवादक, तुरही बजानेवाला; शृंगवाकु; तुरहीकी तरह कूजनेवाला एक कबूतर; *be* one's *own* ~ अपने मुँह बड़ा बनना।

truncal a. कबन्धीय, देहकाण्ड-विषयक, मनुष्यके धड़का; पेड़के तनेका।

truncate[1] v.t. कर्तन करना, काटना, छाँटना, विकलांग करना, विकृतांग करना, रुण्डित करना, सिर-धड़ अलग कर देना; (शंकु, पिरामिडकी) चोटी काटना; (ला०, उद्धृत अवतरणके) आगे या पीछेके भागको उड़ा देना; (रन्देसे) तराशना।

truncate[2] a. रुण्डित, कर्तित, छिन्न, कटा हुआ, कटा-छँटा, तराशा हुआ।

truncated a. =TRUNCATE[2], (*~ curve prism*)।

truncation, truncature nn. रुण्डन, छेदन, शीर्षकर्तन, काट-छाँट, कटाई।

truncheon n. यष्टि, दण्ड, डण्डा, सोंटा (विशे० पुलिसका); गदा, मुग्दर; राजदण्ड, अधिकारदण्ड।

truncheoner n. यष्टिधारी व्यक्ति, दण्डधारी व्यक्ति, लाठीधारी, सोंटेवाला।

trundle[1] n. बेलनाकार दाँतेदार पहिया; छोट-सा चौड़ा पहिया; छोटी गाड़ी, छोटे पहियोंका ठेला या ट्रक; लंगरके दुहरे चरखेके निचले भागका सिरा; ~-bed पहियेदार पलंग; ~-tail घुमावदार पूँछ; घुमावदार पूँछवाला कुत्ता।

trundle[2] v.t. & i. (ठेले, पहिये आदिका) लुढ़कना या लुढ़काना, ढुलकाना (*along, down* आदिके साथ); (क्रिके०, प्रा०) गेंद लुढ़काना।

trundler n. लुढ़कानेवाला; (प्रा०) गेंद फेंकनेवाला, बॉलर।

trunk n. काण्ड, स्कन्ध, तना; कबन्ध, धड़; किसी ढाँचेका

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

प्रमुख भाग; नहरकी प्रमुख धारा; प्रमुख रेलवे लाइन; पेटक, सन्दूक, बक्स, ट्रंक; खानकी सुरंग; (कच्ची धातुको अलग करनेकी लकड़ीकी) नाली या नाँद; (इंजिनोंमें) खुला बेलन; (हाथीका) शुण्ड, सूँड़; अग्रभाग; (pl.; ~ *hose* भी) कमरसे जाँघ तककी विरजिस; ~-call नगरान्तर दूरभाष, स्थानेतर दूरभाषीय-समावाहन; नगरान्तर फोन, ट्रंक कॉल; ~fish डिब्बेमें बन्द मछली; ~-road, ~-line महापथ, मुख्य मार्ग, बड़ी सड़क, जरनैली सड़क।

trunkful n. सन्दूकभर, पेटीभर वस्तु।

trunkless a. स्कन्धरहित, बिना तनेका; कबन्धविहीन, बिना धड़का; शुण्डाविहीन, बिना सूँड़का।

trunnion n. (इंजनमें) वाष्पमार्ग, भापका रास्ता; विवर्ता, विवर्तिनी, तोपकी कील।

trunnioned a. वाष्पमार्गयुक्त, भापके पथवाला, नाली-दार, कीलकयुक्त, कीलीदार।

truss[1] n. (छत, पुल इत्यादिका) आधार-स्वरूप ढाँचा, पीलपाया, अड़वार, खम्भेदार कड़ियाँ; गट्ठर, गड्डी, आँटी; सूखी घासका पूला, गट्ठा; स्तबक,गुच्छ, फूलोंका गुच्छा; (जिसपर कोई स्मारक स्थापित हो वह) चबूतरा; (नौवि०) लोहेके भारी कलपुर्जे; (शल्य०) अन्त्रवृद्धिमें प्रयुक्त पट्टी, इनियाकी पेटी, ट्रस, लंगोटी।

truss[2] v.t. (छत, पुल आदिको) खम्भा लगाकर सहारा देना; (पकानेके पहले पक्षीके) पर बाँधना; मुर्रे बाँधना; (प्रा० प्रायः *up* के साथ) बाँध देना, कस देना, जकड़ना, समेटकर बाँधना; (प्रायः *up* के साथ) फाँसीपर लट-काना; (बाज आदिका चिड़ियाको) पकड़ना, धर दबोचना; गट्ठर बनाना।

trussing n. धरणी, धन्नी।

trust[1] n. प्रत्यय, विश्रम्भ, निष्ठा, आस्था, विश्वास, भरोसा, साख (*I repose considerable ~ in him*); निर्भरता, पूरी आशा, उम्मीद; आशाकेन्द्र, विश्वस्त व्यक्ति, सहारा, भरोसेकी चीज (*he is our sole ~*); प्रतीति, सहज विश्वास; साख, एतबार; दायित्व, जिम्मे-दारी (*am in a position of ~*); (कानून) न्यास-प्रतीति, न्यास-निष्ठा, अमानत; न्यासाधिकार; न्यास, निक्षेप, धरोहर, ट्रस्ट (*the property is merely a ~*); न्यास-सम्बन्ध; संरक्षा, देख-रेख; विभाग; उधार (*supplied goods on ~*); (वाणिज्य) उद्योग-मण्डल, व्यापारी-समुदाय; ~-deed न्यासपत्र, विश्रम्भ-प्रलेख, साख-पट्टा; ~ money न्यास धन; *take on ~* विश्वास कर लेना;

~ account, ~ company, ~ deposit, ~ fund, ~ property, ~ receipt, ~ security, ~ territory.

trust[2] v.t. & i. आस्था रखना, विश्वास रखना, भरोसा करना, एतबार करना; धरोहर रखना, अमानतमें रखना; सौंपना, सुपुर्द करना; तीव्र आशा करना, पूरी उम्मीद रखना (*I ~ to hear better news*); उधार देना, देना (*do not ~ him with your bicycle*)।

trusted a. विश्वस्त, निष्ठ (*~ officer*)।

trustee n. निक्षेपधारी, न्यासी, प्रन्यासी, न्यासधारी, धरोहर रखनेवाला, अमानतदार (*~ securities*); (प्रच०, किसी कालेज आदिकी) व्यवस्थापिका समिति; राजन्यासधारी, वसीयतों या ट्रस्टोंका प्रबन्धक राजकीय कर्मचारी।

trusteeship n. न्यासित्व, प्रन्यासिता, न्यासधारिता (*~ system*)।

truster n. प्रत्ययी व्यक्ति, निष्ठावान् व्यक्ति, आस्थावान् पुरुष, विश्वासी आदमी, भरोसा रखनेवाला।

trustful a. विश्वास्य, विश्वासयोग्य; विश्वासपूर्ण, विश्वासी, विश्वस्त।

trustfulness n. विश्वास्यता, विश्वासयोग्यता, विश्वास-पूर्णता।

trustify v.t. न्यस्त करना, धरोहर बनाना, ट्रस्ट बनाना।

trustiness n. विश्वास्यता, विश्वसनीयता, विश्वासोप-युक्तता; सत्यता, ईमानदारी, सचाई।

trusting a. विश्वासी, आस्थावान्।

trustless n. अप्रत्ययी, अविश्वासी, एतबार न करने-वाला।

trustlessness n. अप्रत्ययिता, अविश्वासिता।

trustworthiness n. विश्वस्तता, विश्वसनीयता, विश्वासपात्रता; विश्वास, भरोसा।

trustworthy a. विश्वस्त, विश्वास्य, विश्वसनीय, विश्वासभाजन, विश्वासपात्र, साखवाला (*~ person*)।

trusty[1] n. सभ्य बन्दी, नेकचलन कैदी।

trusty[2] a. विश्वास्य, विश्वसनीय, विश्वासार्ह, विश्वा-सोपयुक्त, भरोसेका, ईमानदार, सच्चा, पक्का।

truth n. यथार्थता, वास्तविकता, सटीकता, निष्कपटता, निश्छलता, सत्यता, सचाई, ईमानदारी (*may depend on his ~*); निष्ठा, भक्ति, ईमानदारी; ठीक दशा, सही हालत; सत्य, तत्त्वार्थ, तथ्य, सच बात, हकी-कत (*have told you the whole ~*); home ~s चुभती हुई बातें, खरी बातें, अपनी बुराइयाँ; *a self-evident ~ requires no proof* प्रत्यक्षका क्या प्रमाण, हाथ कंगनको आरसी क्या? *in ~* वस्तुतः, वास्तवमें, निस्सन्देह, सचमुच, वाकई; *of a ~* सचाईसे; वस्तुतः, वास्तवमें; *to tell the ~, ~ to tell* सच तो यह है, सच पूछो तो;

~-armed, ~-dictated, ~-filled, ~-ins-tructed, ~-led, ~-shod, ~teller, ~-tired, ~-writ.

truthful a. यथार्थ, वास्तविक, सत्य, सच्चा; सत्यवादी, तथ्यभाषी, सत्यप्रिय, सच बोलनेवाला; विश्वस्त।

truthfulness n. यथार्थता, वास्तविकता, सत्यता, सच्चाई, सच्चापन।

truthless n. तथ्यहीन, मिथ्या, असत्य, झूठा, गलत; कपटी, मिथ्याभाषी, असत्यभाषी; अविश्वस्त, अविश्वास्य, बेईमान।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

truthlessness n. तथ्यहीनता, मिथ्यापन, असत्यता, झूठ; अविश्वस्तता, अविश्वास्यता, बेईमानी।

truttaceous a. ट्राउट मछलीका, ट्राउट जैसा।

try[1] n. चेष्टा, प्रयास, प्रयत्न, कोशिश; (रग्बी फुटबालमें) गोल मारनेका अवसर पानेका अधिकार; परीक्षा, अन्वीक्षा, जाँच (*have a ~ at it*); ~-on (बोल०) धोखा देनेका प्रयत्न; ~-out प्रायोगिक परीक्षा; लोकप्रियताकी परीक्षा; ~sail (आ०) फालतू बादबान।

try[2] v.t. & i. प्रयोग करना, परीक्षा करना, जाँचना, परखना, आजमाना (*did you ever ~ quinine ?*); कठोर परीक्षा लेना, मुसीबतमें डालना, कष्ट देना; अनुभव करना, तजुरबा करना, आजमाकर देखना (*each machine is tried before it leaves the shops*); (मुकदमे इत्यादिकी) अन्वीक्षा करना, देखना, जाँच-पड़ताल करना, न्यायालयमें विचार करना, मुकदमा चलाना; न्याय करना, परीक्षण द्वारा निपटाना, प्रयोग द्वारा सुलझाना; चेष्टा करना, प्रयास करना, प्रयत्न करना, उद्योग करना, कोशिश करना (*must ~ to get it finished*); (रन्दा करके पटियाको) चिकना करना, साफ करना; (धातु, चरबी या तेलको) पिघलाकर या उबालकर शुद्ध करना, शोधना; उद्विग्न करना, तंग करना; ~ *back* फिर जाकर प्रयत्न करना; ~ *for* लक्ष्य करना, (किसी सिद्धिके लिए) प्रयत्न करना; ~ *on* (प्रयोगरूपमें) कपड़े पहनकर देखना; (खेलों या चालोंको) चलके देखना; ~ *out* अन्ततक हिम्मत करते चलना।

trying a. परीक्षाकारी, कठिन, दुष्कर, मुश्किल; कष्टकर, दुःखदायी, पीड़ाकर, क्लेशकर; अन्वीक्षी, विचारक (~ *magistrate*)।

trypanosoma n. (जीववि०) असिकाय, किलनी।

trypanosome n. असिकाय, किलनी, (एक प्रकारका परजीवी कीटाणु)।

tryst[1] n. अवधारित मिलन, मिलनेका करार, मुलाकातका वादा (*keep, break, ~*)।

tryst[2] v.t. & i. (किसी व्यक्तिसे) मिलना निश्चित करना; मिलनेका समय या स्थान निश्चित करना; मिलनेका वादा करना।

Tsar n. रूसी सम्राट्की उपाधि, ज़ार (CZAR आदिका प्रायः आधुनिक रूप)।

Tsarevitch n. (रूसका) ज़ार-जादा, राजकुमार।

Tsarevna n. (रूसकी) राजकुमारी, ज़ार-जादी।

Tsarina n. (रूसकी) ज़ार-पत्नी, साम्राज्ञी।

tsetse n. अफ्रीकाकी विषाक्त मक्षिका-विशेष, सेसे।

tub[1] n. कठौता, कूँड, नाँद, टब; द्रोण, आढक (मक्खन, चाय, अनाज आदि नापनेका पैमाना); स्पंज-स्नान, टबबाथ (*a cold ~ would do him good*); नहानेका चौड़ा टब; (कच्ची धातु या कोयला उठानेके लिए) टब या नाँद; क्षुद्र नौका, मामूली किश्ती; ~-boy स्नान-परिचारक; ~-thumper (गला फाड़कर चिल्लानेवाला) धर्मोपदेशक, वक्ता; ~-thumping n. हाथ-पैर मारना, जोरसे बोलना; a. चिल्लाकर उपदेश देनेवाला; *let every ~ look to its own bottom* तुझको परायी क्या पड़ी अपनी निबेड़ तू।

tub[2] v.t. & i. टबमें नहाना या नहलाना; गमलेमें जमाना, नाँदमें पौधा लगाना; दो खेवोंसे नाव चलाना या चलाना सीखना, छोटी किश्ती खेना; (सन्दूक आदिपर) लकड़ी या लोहेका खोल चढ़ाना।

tuba n. (pl. *-ae, tubas*) मेघशृंग, कई प्रकारका तुरही बाजा; अरगन बाजेका पर्दा।

tubage n. नलस्थापन, नली-निर्माण, नलिका-निर्माण; नल-कलाप, नली-समूह।

tubal, tubar aa. डिम्बप्रणालीय, नलीय, नल-विषयक, नलीका, नालीमेंका (~ *pregnancy*)।

tubbing n. टबकी धात; टबमें नहाना या तैरना; नाँदमें पौधा लगाना, किश्ती चलाना; खोल चढ़ाना, खोल।

tubby a. स्थूल, थूलमथूल, गोलमटोल, टबकी शकलका; (बाजा) बिना गमकका, धीमी और हल्की आवाजका।

tube n. नल, नली, नलिका, नलकी, नाल, ट्यूब, चोंगा; कपाट, वाल्व ⊙; सुरंग; (लन्दनकी) ट्यूब रेल; नस, रग; ~-well नलकूप;

~ brush, ~ cell, ~-colours, ~ connection, ~-fed, ~ filler, ~-foot, ~-form, ~-maker, ~man, ~-nucleus, ~ plate, ~ railway, ~-shaped, ~smith.

tuber n. नाल-पुरुष; कन्द, कन्दमूल, आकन्द, गाँठ; (श०र० शा०) शोथ, सूजन; गिल्टी, गाँठ, गुमड़ा, सूजा हुआ भाग; भूमिके नाचे उगनेवाला एक प्रकारका कुकुरमुत्ता, कन्दकवक।

tubercle n. अर्बुद, गुलिकार्ति; हड्डीपरकी छोटी गिल्टी, गाँठ; तपेदिकका दाना; गुलिका, आकन्दिका, गुटिका, बीजदाना, मस्सा, दाना; ककुदी, कणिका, बारीक ग्रन्थि।

tubercled a. अर्बुदयुक्त; यक्ष्माके दानेवाला; ग्रन्थि-युक्त, गाँठदार, गिल्टीदार; ककुद्वत्।

tubercular a. अर्बुदीय; यक्ष्मापीड़ित, क्षयरोगग्रस्त (~ *prisoner*); यक्ष्माके दाने-जैसा; आकन्दिकावत्, ककुद्वत्; ~ disease यक्ष्मा, तपेदिक।

tuberculariza tion n. यक्ष्मा-संक्रमण, क्षय-संक्रमण, तपेदिक हो जाना।

tuberculari ze, tuberculize vv.t. यक्ष्माका प्रभाव पहुँचाना, तपेदिकके कीटाणु प्रविष्ट करना, तपेदिक लगाना।

tuberculate a. अर्बुदयुक्त; यक्ष्माके दानेवाला या उससे ढँका हुआ; ग्रन्थियुक्त, गिल्टीदार।

tuberculated a. (वन०) साकन्द; अर्बुदयुक्त।

tuberculation n. अर्बुद-रचना, ग्रन्थि रचना।

tuberculin n. (यक्ष्मामें प्रयुक्त एक प्रकारकी ओषधि) यक्ष्मि, ग्रन्थिरस, ट्यूबरकुलीन।

tuberculitis n. गुलिकार्ति, अर्बुद, ग्रन्थिशोथ।

tuberculoid a. ककुद्रूप, अर्बुद-सा, यक्ष्माके दाने-सा (~ *leprosy*)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

tuberculose[1] n. रजनीगन्धा।

tuberculose[2] a. ग्रन्थियुक्त, गिल्टीदार, गुमड़े-जैसा, गुमड़े लानेवाला, गाँठदार।

tuberculosed a. ग्रन्थियुक्त, गिल्टीवाला, गुमड़ेदार; क्षयग्रस्त, यक्ष्मा-पीड़ित, तपेदिकका बीमार।

tuberculosis n. गुलिकार्ति, यक्ष्मा, क्षयरोग, राजरोग, तपेदिक;
~ clinic, ~ lesion, ~ sanatorium, ~ ward.

tuberculotic a. क्षयी, क्षयरोगी, राजरोगी, तपेदिकका मरीज।

tuberculous a. क्षयरोग-सम्बन्धी, यक्ष्माका; यक्ष्मा-ग्रस्त, यक्ष्मा-पीड़ित, यक्ष्मा-ग्रन्थि-युक्त; ग्रन्थियुक्त, गिल्टीदार; ~ ulcer यक्ष्मा-व्रण।

tuberiferous a. कन्दधर, ग्रन्थिल, गाँठदार।

tuberiform a. आकन्दरूप, ग्रन्थिल, गाँठ-जैसा।

tuberoid a. मूलवत्, कन्दाकृति, आकन्दवत्, गाँठ-जैसा।

tuberose a. = TUBEROUS.

tuberosity n. कन्दमयता, आकन्दमयता, ग्रन्थियुक्तता, गाँठदार होना।

tuberous a. साकन्द, कन्दी, कन्दमय, आकन्दमय, आकन्दसदृश, ग्रन्थिमान्, गठीला, गाँठदार (~ *root*)।

tubful n. नाँदभर, टबभर माप या वस्तु।

tubiferous a. नालधर, नालीवाला।

tubiform a. नलिकारूप, नालीवत्, नल-सदृश।

tubilingual a. नलिजिह्व, नालीदार जीभवाला।

tubing n. नाल; नलीनिर्माण; नलिकासमूह।

tubular a. नलाकृति, नलाकार, नालरूप, नलिकाकार, नलीसा, नली या ट्यूबकी शक्लका (~ *lamp*); सनाल, नालमय, नालयुक्त, नलीदार (~ *heater*); नलिकाकृत, नलमाध्य (~ *breathing*); नलिकास्थ, नलिकागत, नलीमेंका; (श्वास-ध्वनि) नलीसे गुजरती हुई वायु-ध्वनिके समान।

tubulate[1] v.t. नली लगाना।

tubulate[2] a. सनाल, नालमय, नालसदृश, नालरूप, नालाकार (~ *bottle*)।

tubule n. नलिका, क्षुद्र नल, छोटी नली, छोटा ट्यूब।

tubulose, tubulous aa. नलिकायुक्त, नलीदार।

tuck[1] n. (कपड़ेकी) चुन्नट, प्लेट, भाँज (*make a ~ in sleeves*); (नौवि०) जहाजके ढाँचेमें पहियोंके मिलानेका पुर्जा; (प्रा०) खाद्य सामग्री (विशे० मिठाई, पेस्ट्री, ~ *shop*); सौदा; दृढ़ संकल्प, पक्का इरादा।

tuck[2] v.t. & i. (कपड़ेमें) चुन्नट डालना, प्लेट डालना, भाँज डालना; टाँकना; दबाना; (कपड़ोंको) समेटना, लपेटना, चढ़ाना, ऊपरकी ओर खींचना, सिकोड़ना (~*ed up his loose sleeves*); (*up* या *in* के साथ; स्वयंको) अच्छी तरह छिपा लेना, सुरक्षित रूपसे ढँक लेना, गोलमोल कर लेना, लुकाना, बन्द करना (*bird ~s its head under its wings*); कोनेमें ठूँसकर रख देना; (फालतू चीजोंको) अलग कहीं समेटकर चलता करना; बड़ा जाल खाली करना, बड़े जालमेंसे निकालकर छोटे जालमें रखना; (प्रा० *up* के साथ) अपराधीको शूलीपर चढ़ा देना, फाँसीपर लटका देना; उठाना; ~ *in* छककर खाना, डटकर भोजन करना, ठूँसना।

tuck[3] n. (प्रा०) तुरहीकी आवाज।

tuck[4] n. कटार, तलवार।

tucker[1] n. चुन्नटें डालनेवाला, लपेटें डालनेवाला; टकर, सीनेकी मशीनका एक पुर्जा; (१७वीं और १८वीं शती, स्त्रियोंका) जालीदार रूमाल; (प्रा०) खाद्य, भक्ष्य, आहार्य, भोजन, खाना।

tucker[2] v.t. (अमरीका; बोल०) थका देना, थका मारना।

tucket n. (प्रा०) तुरहीकी आवाज।

tucum n. (दक्षिण अमरीकी) खजूरका पेड़।

Tudor a. ट्यूडरकालका।

Tuesday n. भौमवार, मंगलवार।

tufa n. ज्वालामुखी चट्टान, कोई कठोर चट्टान, टूफा।

tufaceous a. ज्वालामुखी चट्टानका, टूफाई।

tuff n. घनाश्म, ज्वालामुखी पत्थर, टफ।

tuft[1] n. स्तबक, गुच्छ, पुंज, गुप्फा, लच्छा, गुच्छा, फुँदना; चूड़ा, शिखा, चुटिया, जूड़ा, लट, कलँगी; (श० र० शा०) रक्तशिरा-गुच्छ, रक्तनली-पुंज; छुच्छा, नूर, शाही दाढ़ी, ठोड़ीपरके बाल; अधःस्नातक, पूर्वस्नातक; ~-hunter बड़े लोगोंका संग चाहनेवाला।

tuft[2] v.t. & i. गुच्छा लगाना, गुच्छेसे सजाना, कलँगी लगाना; गुच्छोंकी आकृतिमें उगना।

tufted a. शिखी, चुटियादार; स्तबकमय, गुच्छित, गुच्छमय, गुच्छेदार, तुर्रेदार, कलँगीदार, लच्छीदार; घना (~ *tree*)।

tufty a. दे० TUFTED.

tug[1] n. खिचाव, खींचातानी, जोरका कसाव, भारी तनाव; उग्र प्रयत्न; घसीटन; (विशे० ला०) आघात, झटका (*felt a great ~ at parting*); (*Eton*) ईटन कालेजका छात्र; (~ *boat* भी) अन्य नावोंको खींचनेवाला अग्निबोट; घोड़ेकी काठीका छल्ला या फन्दा; (खान-खुदाई; वजन उठानेवाली रस्सियों और चर्खियोंको अटकानेके लिए) लोहेका कुण्डा; ~ spring कसाऊ स्प्रिंग; ~ of war रज्जुकर्षण, रस्साकशी; संघर्ष, तीव्र प्रतियोगिता, अच्छा-खासा मुकाबला।

tug[2] v.t. & i. खींचातानी करना, तानना, कसके खींचना, झटकेसे खींचना, जोरसे झटका देना; घसीटना; (ला०) विवाद करना, आग्रहपूर्वक चर्चा करना; प्रयत्न करना, जोर मारना।

tugger n. खींचनेवाला, ताननेवाला, झटकेसे कसने या उठानेवाला।

tuism n. (व्या०) मध्यम पुरुष-प्रयोग।

tuition n. शिक्षा-दान, व्यावसायिक शिक्षण, अध्यापन; ट्यूशन; उपदेश; (~ *fee* भी) शिक्षण-शुल्क, ट्यूशनकी फीस।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

tuitional, tuitionary aa. शिक्षादानीय, व्यावसायिक शिक्षण-सम्बन्धी, ट्यूशनवाला।

tula n. (*~-work* भी) रूसी मीनाकारी।

tulchan n. कठवत्स, करती, (दूध देनेवाली गायके आगे रखा जानेवाला) मरा बछड़ा, ~ bishops कठपुरोहित, नाममात्रके याजक, झूठे विशप।

tulip n. कन्दपुष्प, नलिनी, लाला, (चमकीले फूलोंका एक पौधा); (बन्दूककी घण्टीकी शक्लका) मुँह या दहाना; ~-tree (अमरीकी) कन्दपुष्प वृक्ष।

tulipist n. कन्दपुष्प-कृषक, ट्यूलिपका किसान।

tulipomania n. कन्दपुष्पोन्माद, नलिनी-कृषि-कामना, ट्यूलिपकी खेती करनेकी उत्कट अभिलाषा।

tulle n. सूक्ष्म रेशमी जाली।

tulwar n तलवार।

tum, tumtum n. (बैंजोकी) तम-तम, तुम-तुमका शब्द।

tumasha n. खेल, तमाशा।

tumble[1] n. अवपात, स्खलन, लड़खड़ाहट, गिरावट, पछाड़; कलाबाजी; अव्यवस्था, खलभली, घबराहट, गड़बड़ी; ~down भग्न, नष्ट-भ्रष्ट, टूटा हुआ, उजड़ा हुआ।

tumble[2] v.t. & i. एकाएक गिर पड़ना, धड़ामसे गिर पड़ना, पछाड़ खाना, ठोकर खाना; (लहरोंका) खेलना, उठना गिरना; (रोगीका) लोटना, तड़पना, करवटें बदलना; लुढ़कना, सिरके बल भागना, तेजीसे झपटना; लड़खड़ाते हुए जाना, गिरते-पड़ते जाना (*came tumbling along*); (नटोंका) कलाबाजी दिखाना, करतब दिखाना; (कपड़े, बाल आदि) नोचना, खसोटना, सिकोड़ना, बेढंगे कर देना; अव्यवस्थित करना, उथल-पुथल कर देना, उलट-पुलट करना, उलटा-सीधा करना; (ढली हुई वस्तुओंको खरादी डब्बे आदिमें डालकर) चमकाना, पालिश करना; निःक्षेप करना, धकेलना, गिराना; उछालना; रौंदना; ~ *home* (आ०) सोना, बिस्तरपर जाना; लकड़ीके टुकड़ेको दूसरेमें बैठाना; ~ *in* दे० ~ *home*; ~ *over* अव्यवस्थित कर देना, उलट देना, इधर-उधर उछालना; गिर पड़ना; ~ *to* (आ०, विचार आदि) ग्रहण करना, समझना; ~ *up* बिस्तरसे उठना; दुविधामें डाल देना; डेकपर तेजीसे दौड़कर चलना।

tumbler n. गिर पड़नेवाला, लुढ़क जानेवाला; गिरते-पड़ते जानेवाला; ऐन्द्रजालिक, बाजीगर, नट, कलाबाज; लुढ़कनेवाला चीनी खिलौना; काचपात्र, गिलास; ताले या बन्दूकका एक पुर्जा।

tumblerful n. गिलासभर।

tumbling n. ढह पड़ना, जोरसे गिर पड़ना, लुढ़कना, चक्कर खाना (*~-box, -wheel*)।

tumbly a. = TUMBLE[1]-down.

tumbrel, tumbril nn. युद्ध-शकट, लढ़िया, छकड़ा, लड़ाईकी एक गाड़ी; मैला गाड़ी, गोबर गाड़ी; (फ्रांसके विद्रोहियोंको) शूलीपर चढ़ानेके लिए ले जानेवाली गाड़ी; प्राणदण्ड देनेकी चौकी।

tumefacient a. (निदान) शोफजनक, अर्बुदकर, सुजा देनेवाला, फोड़ा करनेवाला।

tumefaction n. (निदान) विस्फोट, विस्फोटन, शोफ, स्फीति, प्रदाह, सूजन।

tumefy v.t. & i. श्वयित करना, सुजाना, फुलाना; सूजन आना, सूजना, फूलना।

tumescence n. शोथ, सूजन।

tumescent a. सूजनेवाला, फूलनेवाला।

tumid a. (शरीरके अंग) आध्मात, स्फीत, शोथयुक्त, उभरा हुआ, सूजा हुआ; (ला०) कृत्रिम, आडम्बरपूर्ण।

tumidity, tumidness n. स्फीति, शोथ, सूजन; आडम्बरपूर्णता, शब्दाडम्बर।

tummy n. (शिशुगृह०) = STOMACH.

tumorous a. श्वयित, सूजा हुआ, फोड़ेवाला।

tumour n. अर्बुद, ग्रन्थि, गुल्म, रसौली, गुमड़ी, बतौरी, फोड़ा, गिल्टी; malignant ~ घातक अर्बुद।

tump[1] n. पर्वतक, पहाड़ी।

tump[2] v.t. (पौधोंके चारों ओर) चबूतरा बनाना।

tumpy a. विषम, असमतल, नाहमवार।

tumtum n. कदली-पाक, केला-पाग (केलेको उबालकर बनाया गया मुरब्बा); टमटम, एक्का; = TUM.

tumular, -y aa. समाधिस्तूप-सम्बन्धी।

tumulose, tumulous a. पर्वतक-खचित, पहाड़ीदार, टीलेदार।

tumult n. क्षोभ, अशान्ति, उपद्रव, हंगामा दंगा-फसाद, बखेड़ा; कलरव, हुल्लड़, चीख-पुकार, चिल्लाहट; तुमुल, कोलाहल, हलचल, हल्ला-गुल्ला, शोर-गुल; उत्तेजना, आकुलता, मानसिक क्षुब्धता, दिलकी परेशानी (*the ~ within him had subsided*)।

tumultuariness n. विपर्यस्तता, अस्तव्यस्तता; कोलाहलमयता, शोरगुल; विक्षोभ, आकुलता, व्यग्रता, अशान्तता, क्षुब्धता।

tumultuary a. उपद्रवी, तुमुलकारी, कोलाहलप्रिय, अशान्तिप्रिय, कोलाहलमय, अशान्त, क्षुब्ध, व्यग्र।

tumultuous a. क्षुब्ध, कलरवपूर्ण, कोलाहलपूर्ण; उपद्रवी, तुमुल, उग्र, प्रचण्ड, दंगेबाज।

tumultuousness n. क्षुब्धता, अव्यवस्था, कोलाहल, हलचल; उपद्रव, क्षोभ, आकुलता, परेशानी, दंगेबाजी।

tumulus n. (pl. *-li*) समाधिस्तूप, टीलेदार कब्र।

tun[1] n. शराब आदिका पीपा; (शराबका खमीर उठानेके लिए) टब या हौज; ~-bellied तोंदवाला।

tun[2] v.t. (शराबको) पीपेमें रखना।

tuna n. अमरीकी मछली, तूना।

tunable a. समंजनीय, समायोजनीय, स्वरसंगतियोग्य; सुस्वर, सुरीला।

tunableness n. समंजनीयता, समायोजनीयता, स्वरसंगतियोग्यता; सुस्वरता, सुरीलापन।

tund v.t. सोंटे लगाना, डण्डेसे खबर लेना, पीटना, मारना।

tundish n. (शराब खींचनेके लिए) एक प्रकारकी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

कीप ।

tundra n. उत्तरी हिमदेश, टुण्ड्रा ।

tune[1] n. लय, तान, स्वर, ताल, सुर; राग, स्वरसंगति, स्वरसाम्य, स्वरैक्य, तालैक्य, सुरोंका मेल, तालमेल, सुरीलापन (*must learn to sing in* ~); अनुकूलता, ऐक्य, मतैक्य (*in* ~ *with* one's *surroundings*); अनुकूल मनोदशा या मनोभाव, उपयुक्त मानसिक अवस्था; *to the* ~ *of* £5 etc. पाँच पौण्डके लगभग ।

tune[2] v.t. & i. सुर ठीक करना, सुर मिलाना; (ला०) (किसी वस्तुको किसी मानदण्ड, प्रयोजन आदिके) अनुकूल बैठाना, समजित करना, समायोजित करना; (शा० एवं ला० *with* के साथ) संगतिमें होना, एकस्वर होना, समस्वर होना, मिलना, मिलाना; (का०) गाना; (संगीत) उत्पन्न करना, छेड़ना; संगीतमें व्यक्त करना, संगीतके माध्यमसे प्रकट करना; नया रूप ग्रहण करना; ~ *in* (वेतारके यन्त्रको तरंग-विस्तारसे) मिलाना; ~ *up* (वाद्यवृन्दकी) स्वरसंगति बैठाना, सुर मिलाना, बजाना, गाना आरम्भ करना; (हास्य०, बच्चेका) रोदन करना, आलाप शुरू करना ।

tuned a. संस्वरित, समस्वरित, समंजित, सुर मिलाया हुआ (~ *circuit*) ।

tuneful n. मधुर, सुस्वर, स्वरसंगत, संगीतपूर्ण, सुरीला, मीठा, रसीला ।

tunefulness n. मधुरता, सुस्वरता, सुरीलापन, संगीतपूर्णता, मीठापन ।

tuneless a. बेसुरा, बेताल, बेमेल, बेढंगा; सुरतालरहित; मौन, खामोश ।

tuner n. स्वरसमायोजक, स्वरसमंजक, स्वरव्यवस्थापक, सुर कसनेवाला, मिलानेवाला; स्वरित्र, अरगनका सुर ठीक करनेवाला यन्त्र ।

tungstate n. चण्डीय, चण्डिक लवण ।

tungsten n. चण्डातु, टंगस्टन, (लोहेकी तरह भूरे रंगकी भारी धातु);
~ lamp, ~ ochre, ~ oxide ~ steel.

tungstenic a. चण्डधातुयुक्त, चण्डातवीय, चण्डिक, टंगस्टन-सम्बन्धी ।

tungstic a. चण्डिक, चण्डातु- (~ *acid*) ।

tungstous a. (रसा०) चण्डातुयुक्त, चण्डातुमय ।

tunic n. (प्रा० ग्रीस और रोमका) चोल, छोटी आस्तीनका चोगा; चोली, स्त्रियोंका ढीला ब्लाउज; (सैनि०) कुर्ती; छोटा चुस्त कोट; (जन्तुवि०) चोल, परिशल्क, खोल, झिल्ली; (श० र० शा०) प्रावरणीकला, आवरण; (वन०) वेष्टन, छिलका, परत ।

tunicate a. (जन्तुवि०, श० र० शा०, वन०) सचोल, शल्कयुक्त, खोलवाला (~ *bulb*) ।

tunicated a. =TUNICATE.

tunicle n. शल्कक, छोटा चोला, खोल (विशे० वन०, प्राणिवि०) ।

tuniness n. (संगीतकी ध्वनियोंकी) सस्वरता, स्वरमयता, सुरीलापन ।

tuning n. समस्वरण, स्वरसमंजन करना, सुर मिलाना, सुर ठीक करना (~-*hammer*) ।

tunnage n. =TONNAGE.

tunnel[1] n. कुल्या, सुरंग, पहाड़ीके बीचका मार्ग, टनल; बिल; (खनिकर्म) एक सिरेपर खुला हुआ खानका रास्ता या समनल; खानकी पैठ; चिमनी, धुआँरा, धुआँकसका बड़ा नल ।

tunnel[2] v.t. & i. सुरंग खोदना, टनल बनाना, रास्ता बनाना, टनलमेंसे जाना (*through*, *into* के साथ); धुँआकसमें नल लगाना ।

tunneller n. कुल्याकर्मी, कुल्या-श्रमिक, सुरंग खोदनेवाला; सुरंग यन्त्र, टनल बनानेका औजार ।

tunny n. (खाद्य रूपमें प्रयुक्त) बड़ी समुद्री मछली, टनी ।

tuny a. ध्वनि-युक्त, सरल ध्वनियोंवाला, चलती लयका, जोरदार रागका; सस्वर, स्वरसंगत, सुरीला ।

tup[1] n. मेष, मेढ़ा: भापके हथौड़ेका मुँह ।

tup[2] v.t. (भेड़से) मेढ़ेका मिलना, जोड़ा खाना ।

tupelo n. कृष्णनिर्यास, अमरीकी गोंद ।

tuppence n. (ग्रा०) दो पेंस ।

tuppenny a. (ग्रा०) दो पेनी, दो पेंस ।

tuque n. कनाडाकी एक टोपी, टूक ।

Turanian a. & n. तुरानी (भाषा या लोग), तुर्क, तातार, तुर्की, तुरकाना ।

turban n. उष्णीष, चीरा, साफा, पगड़ी; (आरम्भिक, १९वीं शतीमे) स्त्रियोंका शिरोवस्त्र; (बादमें स्त्री या बच्चेका) सँकरे या बिना छज्जेका टोप; (इकहरे खालवाले) घोंघेका चक्र; ~-stone (मुसलमानोंकी कब्रोंपर) पगड़ीदार पत्थर; ~-top पगड़ीदार कुकुरमुत्ता ।

turbaned a. साफेवाला, पगड़ीधारी ।

turbid a. आविल, मलिन, सपंक, पंकिल, अस्वच्छ, डाबर, गँदला, मैला; (ला०) व्यग्र, व्याकुल, अव्यवस्थित, परेशान, उलझा हुआ ।

turbidity, turbidness nn. आविलता, मलिनता, पंकिलता, अस्वच्छता, गँदलापन, मैलापन; व्यग्रता, व्याकुलता, अव्यवस्थितता, परेशानी, उलझन ।

turbinaccous a. शंक्वाकृति, शंक्वाकार, लट्टू-जैसा ।

turbinal १. n. शंखास्थि; २. a. शुक्तिभ, शंखाकार, शंक्वाकार, लट्टूके आकारका; घूमता हुआ ।

turbinate a. उलटे शंकुके आकारका; शंखाकार; लट्टूकी तरह चक्कर काटने या घूमनेवाला; ~ bone शंखास्थि, शुक्तिकास्थि ।

turbinated a. =TURBINATE.

turbination n. भ्रमण, चक्कर लगाना, घूमना ।

turbine n. वरीवर्त, भ्रमरक, जल-चक्र, लट्टू, टरबाइन;
~ boat *or* steamer (वाष्प) चक्रनौका ।

turbiniform, turbinoid aa. शंक्वाकार, शंखरूप, लट्टू-जैसा ।

turbit n. एक पालतू कबूतर, तरबित ।

turbot n. (खाद्य रूपमें प्रयुक्त) एक बड़े आकारकी चपटी मछली ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

turbulence n. क्षोभ, विक्षोभ, आकुलता, विप्लव, अशान्ति, हंगामा, फसाद; कोलाहल, तुमुल, हुल्लड़, गड़बड़ी, खलबली; दुर्दान्तता, अवशवर्तिता, अक्खड़पन।

turbulency n. =TURBULENCE.

turbulent a. विक्षुब्ध, आकुल, अशान्त; कोलाहलमय, तुमुलमय, तुमुलकारी, खलबलीवाला; उपद्रवी, उद्दण्ड, दुर्दान्त, अवश्य, अवशवर्ती, अक्खड़;
~ flow, ~ people, ~ velocity.

Turcism n. तुर्क संस्कृति।

Turco n. (इति०; pl. *-s*) तुर्कों, फ्रांसके अरजीरियाई सैनिक।

Turcophil n. तुर्कप्रिय।

Turcophilism n. तुर्कप्रियता, तुर्क संस्कृतिका मोह।

Turcophobe n. तुर्कभीत, तुर्कोंसे डरनेवाला।

turd n. विष्ठा, पुरीष, झाड़ा।

tureen n. शोरबेकी ढक्कनदार रकाबी।

turf[1] n. शाद्वल, सतृण भूमि, दूर्वायुक्त भूमितल, घासका मैदान, घुड़दौड़का मैदान, दूबचौरा; ऐसा ढेला जिसमें घासकी जड़ें हों; (आयरलैण्डमें, ईंधनरूपमें प्रयुक्त) सड़ी-गली वनस्पति, दलदलका कोयला; the ~ घुड़दौड़का मार्ग; घुड़दौड़का व्यवसाय या पेशा;
~ ashes, ~-bound, ~-built, ~-covered, ~ cutting, ~ digging, ~ drain, ~-grown, ~-laid, ~man, ~-moss, ~-roofed, ~-spread, ~-walled.

turf[2] v.t. (भूमिको) घासकी तहसे ढकना, घास उगाना; (*out* के साथ; किसी व्यक्ति या वस्तुको) निकाल फेंकना।

turfen a. तृणबद्ध, घासनिर्मित, दूबका बना हुआ।

turfiness n. सतृणभूमिता, घासावृतता।

turfing n. तृणाच्छादन, घाससे ढकना, पयालसे छा देना।

turfite n. घुड़दौड़प्रेमी, घुड़दौड़का पेशा करनेवाला।

turfy a. सतृणभूमियुक्त, घासावृत्त, दूबकी तहवाला।

turgent a. शोथयुक्त, स्फीत, बढ़ा-चढ़ा हुआ।

turgescence n. शोथ, सूजन; अतिशयोक्ति, शब्दाडम्बर, दिखावा।

turgescent a. शोथप्रवण, सूजता हुआ, फूलता हुआ; अतिशयोक्तिपूर्ण, शब्दाडम्बरपूर्ण, दिखावटी।

turgescible a. शोथवाला, सूजनेवाला, फूलनेवाला।

turgid a. स्फीत, शोथयुक्त, सूजा हुआ, फूला हुआ; पाण्डित्यप्रदर्शनयुक्त, शब्दाडम्बरपूर्ण, आडम्बरी, दिखावटी।

turgidity n. स्फीति, शोथयुक्तता, सूजन; शब्दाडम्बरपूर्णता, आडम्बर।

turgidness n. स्फीतता, शोथयुक्तता, सूजन, फुलाव; पाण्डित्यप्रदर्शन, शब्दाडम्बरपूर्णता।

Turk n. तुरुष्क, तुर्क; ~'s head सिरेकी गाँठ; ~'s turban गाँठदार फूल।

turkey n. (pl. *-s*) पातालमयूर, अमरीकाका एक सुन्दर परवाला खाद्य पक्षी, टर्की; (T~) तुर्की; ~ buzzard, vulture अमरीकी गीध; T~ carpet तुर्की कालीन; ~-poult पातालमयूरक; T~ red तुरुष्क रक्त; अबीर, गुलाल, लाल रंग; लाल रंगका सूती कपड़ा; T~ stone सानका पत्थर, तेलिया पत्थर; ~ trot एक नीग्रो नृत्य।

Turkish १. n. तुर्की भाषा; २. a. तुर्कीका, तुर्की ~ bath तुर्की स्नान, हमामी गुसल; (pl. भी) तुर्की स्नानगृह, हमाम; ~ delight एक प्रकारकी बूरा शक्कर चढ़ी हुई चिपचिपी मिठाई; ~ pound तुर्की पौण्ड; ~ towel लम्बे रोओंका खुरदरा तौलिया।

Turkism n. =TURCISM.

Turkoman, Turkman, Turco- n. तुर्क; ~ carpet कालीन, गलीचा।

turlough n. (गर्मीमें सूख जानेवाला) तड़ाग, तालाब, जौहड़, पोखरा, गड़ही।

turmeric n. हरिद्रा, पीता, हल्दीका पौधा; हल्दीका चूर्ण, बूकी हुई हल्दी।

turmerine n. हरिद्री, हरिद्रारस।

turmoil १. n. संक्षोभ, उपप्लव, तुमुल, बेचैनी, परेशानी, हलचल, खलबली; २. v.t. बेचैन करना।

turn[1]* n. घूर्णन, आवर्त, चक्र, चक्कर, घुमाव*, फेर, घूम; बल, पेच, भाँज; आवृत्ति, आवर्तन, दिशा-परिवर्तन, स्थिति-परिवर्तन, रुचि-परिवर्तन; गति, एकपार्श्व-नमन, एक ओर झुकाव, मोड़*; चरित्र; गुण, प्रवृत्ति, प्रकृति, स्वभाव, मनोवृत्ति, रुझान; भाव, दशा; रचना, स्वरूप, रूप, गठन, सूरत, शक्ल, साँचा, डौल, तबियत (*was of a humorous* ~); थोड़ी-सी चहलकदमी, चक्कर, गश्त (*take a* ~ *in the garden*); सैर, इधर-उधर घूमना; घोड़े गाड़ीकी थोड़ी देरकी सवारी; कलाप्रदर्शन, करतब; अवसर (*it was now my* ~ *to be angry*); समय, काल, वार, पारी, बारी*, मौका, नौबत; बन्धन, विशेषाधिकार, इकरार (संगीत) लालित्य, लोच, लचक; (pl.) मासिक धर्म, माहवारी; रस्सीकी कुण्डलोंका प्रत्येक चक्र; (मुद्र०) उल्टा टाइप; (बोल०) मानसिक आघात, धक्का; कार्य, मतलब (*did not serve my* ~); good ~ उपकार, सेवा; ill ~ अपकार, हानि; ~buckle (छड़के टुकड़ोंको) जोड़नेवाला वक्सुआ; ~ coat पक्षघाती, पक्षत्यागी, सिद्धान्तत्यागी, समयानुरोधी, परपक्षग्राही, मतलबी यार; ~cock नलको खोलने या बन्द करनेवाला व्यक्ति; ~-out उदाप्ति, प्राप्ति, उत्पत्ति, पैदावार; ~over गाड़ीका उलटाव; समस्त क्रय-विक्रय, आगम, व्यापारावर्त; अर्द्धवृत्ताकार समोसा या कचौड़ी; ~pike (इति०) भालोंका बना रक्षात्मक ढाँचा; विवर्तद्वार, शुल्कद्वार, रोकफाटक; (~*pike road* भी) शुल्कमार्ग, रोकफाटकवाली सड़क; ~-screw भ्रमिचालक, पेचकश; ~sole शशकण्ट (झाड़ी); ~spit लम्बे बदन और छोटी टाँगोंका कुत्ता; ~-table वर्तनस्थल, गोल घूमनेवाला प्लेटफार्म; ~-up (मुद्रण०) उलटा टाइप, टर्नप; *to a* ~ पूर्णतः, पूरा, ठीक-ठीक, पूरी तरहसे (*meat is done to a* ~);

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~-back, ~cap, ~piker, ~pin, ~plough, skin.

turn[2] v.t. & i. घुमाना, फिराना, मोड़ना, फेरना, चक्कर देना (*~ the key in the lock*); घूमना फिरना, चक्कर खाना, मुड़ना (*he ~ed on his heels*); ध्यान देना, मुँह करना, रुख फेरना, चलना; कलाबाजी खाना, गुलाँट खाना; विपर्यस्त करना, उलट देना, उलटना, पलटना, औंधा करना (*~s everything upside down*); (ला०) मानसिक रूपसे परिक्रमा करना, दिमागी दौड़ लगाना; नयी दिशा देना, नया रुख बदलना; प्रकृतिमें परिवर्तन करना या होना, बदलना (*~ed water into wine*); बिगाड़ देना, बना देना, बन जाना, हो जाना; चाकपर चढ़ाना, खराद-पर चढ़ाना; आकार देना, रूप प्रदान करना, बनाना, गढ़ना, शक्ल देना, साँचेमें ढालना, ढौल बनाना; ठीक बिठाना; रमणीय बनाना; सोचना, विचारना, उधेड़-बुन करना; हटाना, बचाना, रद्द करना; अनुवाद करना (*how would you ~ this passage?*); *a ~ of Fortune's wheel* भाग्यचक्रका फेरा, किस्मतका पलटा; *can ~ his hand to any thing* किसी कार्यमें लग सकता है, वह कोई भी काम सीख सकता है; *take ~s* (कोई कार्य) बारी-बारीसे करना; मुड़ना; *tide is on the ~* ज्वारका रुख बदल रहा है; *~ about* घूम जाना, घूमकर दिशा या रुख बदलना; *~ a deaf ear to* ध्यान न देना, बात टाल देना, बिल्कुल न सुनना; *~ against* विरुद्ध हो जाना; पलट देना; *~ an army* घूमकर फौजके दूसरी ओर जाना; *~ an honest penny* ईमानदारीसे अर्जन करना या कमाना; *~ aside* हटाना, परे करना, टालना; *~ away* अस्वीकृत करना, रद्द करना, हटाना, टालना; *~ down* तह कर देना; ताशके पत्तेको उलटकर रखना; (लैम्पकी) बत्ती कम करना; झुकाना, मोड़ना, दुहराना; (प्रस्ताव) अस्वीकार करना, अमान्य कर देना; *~ in* भीतरको मोड़ना या झुकाना; *~ (language) into* (भाषाका किसी दूसरी भाषामें) अनुवाद करना; *~ off* बहाव रोक देना, बन्द कर देना; निकालना; फेरना; *~ out* निष्कासित करना, निकाल बाहर करना, बरखास्त करना; (बाहरकी ओर) निकालना, झुकाना; (तैयार माल आदि) उत्पन्न करना; गढ़ना, बनाना; (भीतरी भागको) प्रकट करना, सामने करना या होना, बाहर करना; कामपर आना, ड्यूटीपर आना; बिस्तरसे उठना; पाया जाना, बात सिद्ध होना (*he ~ed out a humbug*); *~ over* उलट देना, पलटना, गिरा देना; (पन्ना) उलटिये; प्रबन्ध हस्तान्तरित करना; किसी विशेष मात्रा तक व्यवसाय करना (जैसे, *~s over £ 500 a week*); *~ round* इधर-उधर मुँह फिराना; नयी नीति ग्रहण करना, अपनी नीति बदल देना; *~ the scale* पल्ला झुका देना; निश्चित करना, निर्णय करना, फैसला देना; *~ to* लगना, काम आरम्भ करना (*he ~ed to another occupation*); मुड़ना; *~ up* लाना; (ताशमें) तुरुप खोलना; खोदकर बाहर निकालना; उपस्थित होना, आ जाना; *~ upside down* उलट-पुलट देना, उलटा करना।

turndun n. चक्की, चक्करदार खिलौना, जैसे लट्टू।

turned a. अधोवर्तित, वर्तित, मुड़ा हुआ (*~ down collar*); (यन्त्र०) वर्तनकृत, मोड़ा हुआ।

turner n. चक्की घुमानेवाला, फिरानेवाला, मोड़नेवाला, माँजनेवाला; वर्तक, चाक या खरादका काम करनेवाला, कुम्हार; *~'s wod* वर्तक यष्टि, कुम्हारका डण्डा।

turnery n. वर्तन, खरादका काम; खराद करना; वर्तनशाला, खरादका कारखाना।

turning १. n. घुमाना, फिराना, मोड़ना, फेरना, बदलना; गढ़ना; वर्तन, खराद या चाकका प्रयोग; चक्कर, घुमाव, फेर; मोड़, दुराहा; २. a. भ्रामक; *~-point* वर्त्तन-बिन्दु, परावर्तन-बिन्दु, परिवर्तन-स्थल (*this may be the ~-point in his life*)।

turnings n. छीलन।

turnip n. शिखामूल, शलजम, शलजमका पौधा; *~-cabbage, ~-fed, ~-fly, ~-headed, ~-leaved, ~-pointed, ~-rooted, ~ seed, ~-shaped, ~-tailed, ~-top.*

turnipy a. शलजम-जैसा, शलजमके स्वादका।

turpentine १. n. सरल, तारपीन; उद्यास, सरल-तैल, बीरोजा, तारपीनका तेल; २. v.t. तारपीनका तेल लगाना, बीरोजा लगाना।

turpitude n. नीचता, अधमता, दुष्टता, क्षुद्रता, भ्रष्टता, ओछापन, कमीनापन, खोटापन; moral *~* नैतिक भ्रष्टाचार।

turps n. = TURPENTINE.

turquoise n. वैदूर्य, हरिताश्म, हरितमणि, नीलमणि, फीरोजा (*~ blue, green*)।

turret n. शिरोगृह, शिखरिका, कलश, मीनार, कँगूरा, बुर्ज (*~ gun*); (सेना०) घूमनेवाला बुर्ज; (इति०) कई खण्डोंकी पहियेदार वर्गाकार इमारत।

turreted a. शिखरिकायुक्त, कलशमय, मीनारदार, बुर्जदार।

turriculate, -ated aa. शिखरिकाकार, कलशाकृति, मीनार-जैसा, कँगूरा-जैसा।

turtle[1] n. (*~ dove* भी) धूसर कपोतक, जंगली कबूतर, फाख्ता।

turtle[2] n. कच्छ, कूर्म, एक प्रकारका सपंख समुद्री कछुआ; *~* green धूसरहरित; *turn ~* (नौका) उलटना।

turtle[3] v. i. कछुओंका शिकार करना, कछुए तलाशना।

turtler n. कछुएका शिकारी।

turtling n. कछुएका शिकार (करना)।

turves n. pl. TURF का बहुव०।

Tuscan a. & n. तस्कनी (भाषा), तस्कनी (निवासी)।

tush[1] n. बड़ा नोकदार दाँत।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

tush[2] n., int. & v.t. (प्रायः) छिः, धिक्, फिस (करना)।

tushery n. (साहित्यिक) TUSH[2], छिः, धिक्कार आदि शब्दोंका प्रयोग।

tusk[1] n. दंष्ट्रा, रदन, (हाथी, वालरस आदिका) दीर्घ दन्त, उद्दन्त; हस्तिदन्त, हाथीका दाँत, सूकरदन्त, सूअरका दाँत।

tusk[2] v.t. दीर्घ दन्त चुभोना, दाँतोंसे चीरना या फाड़ना।

tusked a. दन्तुर, दाँतका, दाँतवाला, दँतीला।

tusker n. दीर्घदन्ती, उद्दन्ती, दांतवाला हाथी।

tusky a. दीर्घदन्ती, लम्बे दाँतोंवाला।

tussah n. = TUSSER.

tusser, tasar n. त्रसर, टसर, रेशम।

tussive a. खाँसीका।

tussle n. & v.t. संघर्ष (करना), खींच-तान (करना), कसाकसी (करना), कशमकश (करना), लड़ाई (करना), मुकाबला (करना), हाथापायी, झगड़ा, मारपीट (करना)।

tussock n. तृणगुच्छ, घासका जमाव; केशगुच्छ, बालोंकी लट; (~ *moth* भी) एक रोएँदार पतिंगा।

tussocky a. गुच्छेदार, लटवाला।

tussore n. = TUSSER.

tut[1], **tut-tut** n. धत्, धत्-धत्, 'हट' का शब्द या इसका प्रयोग; v. i. धत् या हट करना; intr. हट, धत्!

tut[2] n. (खनिकर्म) काम, नौकरी, मजदूरी।

tutelage n. अभिरक्षण, परिरक्षण; अभिभावकता, निगरानी; बाल्यावस्था, बाल्य।

tutelar a. = TUTELARY.

tutelary[1] n. रक्षक, त्राता।

tutelary[2] a. अभिभावक-सम्बन्धी, रक्षी, परिरक्षक (~ *authority*)।

tutenag n. तुत्थ, तुत्थांजन, कच्चा जस्ता, जर्मन सिलवर।

tutor[1] n. गुरु, निजी शिक्षक, गृहशिक्षक, शिष्याभिभावक, अनुशिक्षक, ट्यूटर; (कानून) अवयस्क या नाबालिगका अभिभावक; अववोधक।

tutor[2] v.t. & i. (किसीका) निजी शिक्षक होना, शिक्षा देना, सिखाना, पढ़ाना; (वासनाओंपर) संयम रखना; (दूसरेपर) नियन्त्रण रखना, काबूमें रखना; ट्यूटरके रूपमें जीविका चलाना।

tutorage n. शिक्षा, गृहशिक्षण, शिष्याभिभावकता; अभिभावकता, संरक्षकता।

tutoress n. शिक्षिका, अध्यापिका, शिष्याभिभाविका।

tutorial १. a. गृहशिक्षकीय, शिष्याभिभावकीय; संशिक्षकीय, अववोधकीय (~ *group*); २. n. शिक्षणकाल, शिक्षण-समय, पढ़ाईका घण्टा; लिखाई-पढ़ाई।

tutoring n. शिक्षण, सिखलाई, पट्टी पढ़ाना (~ *a man to give false evidence*)।

tutorship n. आचार्यत्व, गृहशिक्षकत्व, शिष्याभिभावकपद।

tutress n. = TUTORESS.

tutti-frutti n. अनेक फलवाली मिठाई या आइसक्रीम।

tutty n. तूतिया।

tutwork n. अमानी काम, फुटकर मजदूरी।

tu-whit n., **tu-whoo** n. & v. i. उल्लूकी बोली (बोलना)।

tuxedo ⊙ n. (pl. *-(e)s*) दिनके भोजनके समय पहनी जानेवाली जैकेट।

tuyere n. तुण्डिका, थूथन; वायुक्षिप, टोंटी।

twaddell n. सान्द्रद्रवमापी।

twaddle १. n. निरर्थक बात, गपशप, बकवाद; २. v.t. बकवास करना, बकना, गप लड़ाना।

twaddler n. वाचाल, निरर्थक बातें करनेवाला, बक्की, झक्की, बकवादी।

twaddly a. नीरस, निरर्थक, बेमजा।

twain १. n. युग्म, जोड़ा, दो व्यक्ति, दो वस्तुएँ; २. a. दो, द्विधा, जुड़वाँ।

twang[1] n. क्वणन, ज्याघोष, टंकार, तारकी झंकार; टनक; गिनगिनाना, गिनगिनाहट।

twang[2] v. i. & t. (सितार आदि) झंकारना, टुनटुनाना, ठनकना, झनकना, बजाना (~*ed his fiddle*); अनाड़ीपनसे बजाना; नकनकाना, गिनगिनाना, भिनभिनाना।

twangle v. i. & t. अनाड़ीपनसे बजाना, टुनटुनाना।

twank n. = TWANG (का विकृत रूप)।

twankay n. ट्वांके (हरी चीनी चाय)।

'twas *it was* का संक्षिप्त रूप।

twattle v. i. टरटर करना, टरटराना।

tweak[1] n. झटका, चुटकी, चिहुँटी; (ला०) परेशानी।

tweak[2] v.t. चुटकी काटना, नोंचना, खसोटना, खींचना, झटकना, मरोड़ना, ऐंठना।

tweaker n. (ग्रा०, पत्थर आदि फेंकनेका प्राचीन साधन) गुलेल आदि।

tweed n. एक प्रकारकी दोसूती; ऊनी या सूती कपड़ा, खेसकी बुनावटका कपड़ा, ट्वीड।

tweedle n. झनकार, टनकार, ठनक।

tweedledum & tweedledee जैसे नागनाथ वैसे साँपनाथ; ऐसी वस्तुएँ जिनमें नाममात्रका अन्तर है।

'tween adv. & prep. मध्य, बीचोबीच, के बीचमें, के दरमियान (~ *decks*)।

tweeny n. (बोल०) सहसेवक, सहकारी टहलुआ।

tweer n. TUYERE.

tweet[1] n. चूँ चूँ, चहचहाहट।

tweet[2] v.t. चहचहाना, चूँ-चूँ करना।

tweezer[1] n. (*pair of* ~ भी) संदंश, चिमटी, मोचनी।

tweezer[2] v.t. (चिमटीसे) बाल नोचना, काँटा निकालना।

twelfth a. & n. द्वादश (अंश), बारहवाँ (भाग); the ~ अगस्तकी बारह; T~-day क्रिसमिससे १२वाँ दिन।

twelfthly adv. बारहवें।

twelve a. & n. द्वादश, बारह; ~months एक वर्ष।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

twentieth a. विंश, विंशतितम, बीसवाँ।
twenty a. & n. विंशति, बीस, कोड़ी; ~ one इक्कीस, बालिग; ~ two बाईस; ~ three तेईस; ~ four चौबीस, दो दर्जन; ~ five पच्चीस; ~ six छब्बीस; ~ seven सत्ताईस; ~ eight अट्ठाईस; ~ nine उनतीस, ताशका एक खेल; ~ penny एक शिलिंग (का)।
twentyfold a. & adv. बीस गुना, बीस तहोंका; बीस गुने करके।
twentyish a. (बोल०) लगभग बीस।
'twere *it were* का संक्षिप्त रूप।
twerp n. अशिष्ट व्यक्ति, असभ्य व्यक्ति, घृण्य व्यक्ति, गँवार आदमी, बेवकूफ आदमी।
twice adv. द्विः, दुबारा, दूने रूपमें, दो बार (~ *3 is 6, told him* ~); ~ as great द्विगुण, दुगुना।
twicer n. दुहरा काम करनेवाला कम्पोजीटर।
twiddle[1] n. थोड़ा-सा घुमाव या चक्कर, ऐंठन, मरोड़।
twiddle[2] v.t. & i. सहज रूपसे घुमाना, यों ही फिराना; ~ one's *thumbs* बेकार हो जाना।
twig[1] n. प्रशाखा, शाखिका, उपशाखा, पल्लव, कोंपल, टहनी, डाली, साँटी; (श० र० शा०) लघु धमनी; (विद्यु०) अनुमानकरण दण्ड; (धातु आदिका पता लगानेकी) जादूकी लकड़ी।
twig[2] v.t. (बोल०, किसी व्यक्तिको) समझना; (शब्दों या योजनाका) अर्थ समझना; (इन्द्रियों द्वारा) पर्यवेक्षण करना, अनुभव करना, देखना; छड़ीसे पीटना।
twigged a. शाखिका-, शाखापुक्त, टहनीवाला।
twiggen a. शाखिका-रचित, उपशाखा-निर्मित, पल्लव-निर्मित, टहनीका बना हुआ।
twiggy a. शाखिकायुक्त, क्षुद्रशाखायुक्त, क्षुद्रपल्लवमय, छोटी शाखवाला।
twigless a. शाखिकाहीन, पल्लवहीन।
twilight[1] n. द्वाभा, सन्धिप्रकाश (~ *region*); सन्ध्यालोक, गोधूलि-वेलाका प्रकाश, सन्ध्या, गोधूली, साँझ, शामका झुटपुटा; धूमिल या धुँधला प्रकाश, हल्की रोशनी; (ला०) अपूर्ण ज्ञान या बोधकी अवस्था; ~ sleep सान्ध्यनिद्रा।
twilight[2] v.t. धूमिल प्रकाशसे प्रकाशित करना, मद्धिम रोशनी करना।
twill n. विकरणी, दुसूतीकी बुनाईका कपड़ा, टूल।
'twill *it will* का संक्षिप्त रूप।
twin[1] n. युगल, यमलांश, यमज, जुड़वाँ भाग; जुड़वाँ बच्चे; (पूर्णरूपेण मिलता-जुलता) प्रतिरूप, प्रतिमूर्ति; द्विमुखी (~ *sewer*); ~-engined दो इंजनवाला।
twin[2] v.t. & i. जुड़ जाना, जुड़वाँ बनाना, जोड़ा होना, जोड़ देना।
twin[3] a. युग्म, यमज, युगल, यमल (~ *control*); (वन०) जोड़ोंमें उगनेवाला;
~-balled, ~-begot, ~-blossomed, ~-born, ~ brothers, ~ children, ~-forked, ~-headed, ~-hued, ~-leaved, ~-named, ~-peaked, ~ sisters, ~-spiked, ~-spired, ~-striped, ~-towered, ~-wheeled.
twine[1] n. रज्जु, रस्सी, डोरी; बल, पेच, भाँज, ऐंठन, मरोड़ी; सूत्र, संग्रन्थि।
twine[2] v.t. & i. वलित करना या होना, बटना, भाँजना, बल देना, ऐंठना; गूँथना, गुथना, हार बनाना; परिवेष्टित करना या होना, घेरना, घिरना, लपेटना; (साँप इत्यादिका) लिपटना, कुण्डली बनाना।
twiner n. वलयिता, बटनेवाला, भाँजनेवाला; लता, बेल।
twinge[1] n. शूल, तीव्र पीड़ा, वेदना, व्यथा, कसक, चुटकी, ऐंठन, चुभन, टीस (*a ~ of conscience, toothache*)।
twinge[2] v.t. शूलना, पीड़ा करना, चुभाना, टीसना, पीड़ा उत्पन्न करना, दर्द पैदा करना; मलना, मरोड़ना, ऐंठना, खींचना।
twining n. वलन, उद्वेष्टन, बटना, भाँजना, लपेटना।
twink[1] n. क्षण, निमिष, पल, पलकमात्र।
twink[2] v.i. पलक मारना, झपकना, टिमटिमाना; जगमगाना।
twinkle[1] n. निमेष, झपकी, आँखोंकी चमक, हँसीकी झलक (*humorous, mischievous, ~*); द्रुत गति, त्वरित क्रिया; प्रभा, चमक, झलक, जगमगाहट, झिलमिलाहट।
twinkle[2] v. i. & t. टिमटिमाना, झिलमिलाना, जगमगाना, चमकना; (पलकोंका) झपकना; (नाचमें पैरोंका) जल्दी-जल्दी आगे-पीछे होना; (आँखें) मटकाना, चलाना, पलक मारना; (आँखोंका हँसी-खुशीमें) चमक उठना।
twinkler n. झिलमिलानेवाला, टिमटिमानेवाला, आँखें चलानेवाला, पलक मारनेवाला।
twinkling n. निमिष, पलकमात्र, पलभर (जैसे, *in the ~ of an eye*)।
twinling n. यमलांश, जुड़वाँ पदार्थ या बच्चा।
twinned a. युग्मित, यमल पैदा हुआ, जुड़वाँ।
twinning n. युग्मन, यमल-मणिभ-निर्माण, जुड़वाँ रवोंकी बनावट।
twinship n. यमलता, यमजता, जुड़वाँपन।
twinter n. द्विवर्षीय पशु, द्विशरत्पशु।
twire n. कुदृष्टि आँख मारना।
twirl[1] n. द्रुत आवर्तन, त्वरित परिवृत्ति, चक्कर, तीव्र या मन्द चक्रगति, लिखावटकी घुमावदार रेखा या घुमाव।
twirl[2] v.t. & i. घूर्णित करना, घुमाना, फिराना, घूमना, फिरना, चक्कर देना या खाना।
twist* n. रस्सी, रस्सा, धागा; लच्छी, बटा हुआ मजबूत रेशमी धागा; गुझिया, लम्बी ऐंठनदार रोटी; तम्बाकूका लम्बा पिण्डा; कागजका मोड़दार पुड़ा; मोटन, व्यावर्तन, वलन, मरोड़*, ऐंठन, भाँज, पेच (*full of turns & ~s*); प्रवृत्ति, रुझान; (किसी धुरेकी) घूर्णन सहित अग्रगति; आँट, मरोड़दार तनाव; मदिरा, मिश्रित पेय; (बोल०) क्षुधा, भूख (*has a*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

tremendous ~)।

twist[2] v.t. & i. बटकर रस्सी बनाना; न्युद्वेष्टन करना, गूँथना; कुन्तलाकार बनाना, सर्पिल रूप देना, बलदार बनाना, बल देना; घेरना, मोड़ना, मुड़ना; सर्पिल रूप ग्रहण करना, सर्पिल रूपमें उगना; घुमाना, बटना, भाँजना, ऐंठना, मरोड़ना, चक्कर देना; (फूलोंको) गूँथना, हार बनाना; (भीड़में) रास्ता निकालना; अर्थ विकृत करना, तोड़ना-मरोड़ना (*wants to ~ my words into an admission of error*); रूप बदलना, गढ़ना, बनाना; ~ *off* मरोड़कर टुकड़ा तोड़ लेना; ~ one's *arm* हाथ मरोड़ना, कलाई मरोड़ देना; ~ *up* सर्पिल बनाना, बटना, बल देना।

twistable a. न्युद्वेष्टनीय, मरोड़ने योग्य, ऐंठने योग्य, गूँथने लायक।

twisted a. उद्वेष्टित, मोटित, बटा हुआ (~ *yarn*)।

twister n. मरोड़नेवाला, ऐंठनेवाला, बटैया, बटनेवाला; चक्कर खानेवाली गेंद; इस्पातकी धरन, गाटर; नितम्ब, आमन, (जंघाका ऊपरी भाग) चूतड़।

twisting n. मोटन, उद्वेष्टन, मरोड़ खाना, मरोड़ देना।

twit[1] n. भर्त्सना, तिरस्कार; व्यंग्य, ताना।

twit[2] v.t. भर्त्सना करना, तिरस्कार करना, व्यंग्य करना, ताना मारना, डाँटना, डपटना, फटकारना।

twitch[1] n. (आकस्मिक) स्वतः संकुचन, ऐंठन, मरोड़, खिंचाव; संचलन, फड़कन; आक्षेप, झटका, सहसाकर्ष, आकस्मिक तनाव; स्फुरण, स्पन्दन, फड़क; (घोड़ेको आपरेशनके समय शान्त रखनेका) प्रग्रह, पट्टी, पगहा।

twitch[2] v.t. & i. सहसाकृष्ट करना, खसोटना, झटकना, झटका मारना, छीन लेना, झपटना; ध्यान दिलाना।

twitch[3] n. तुरत घास।

twitchel n. पाश, फन्दा।

twitching n. स्फुरण; धक्केसे खींचना।

twitten n. वीथी, वीथिका, गली।

twitter[1] n. TWIT[2] के क्रियागत अर्थोंमें; प्रजल्प, चहचहाहट, चहकना; उत्तेजनावस्था, फड़क, भड़क।

twitter[2] v. i. & t. चहचहाना, चहकना, चीं-चीं करना, किचिर-मिचिर करना; फड़कना, भड़कना; धीमी आवाजसे बोलना।

twitteration n. (बोल०) = TWITTER[1].

'twixt prep. = BETWIXT.

two a. & n. द्वि-, दो; ~-aspect द्विधा (~-*aspect theory*); ~-handled दुहत्था, दो मूँठोंका, दो दस्तोंका; ~ or three कुछ; ~penny n. २ पेंस; एक प्रकारकी बियर शराब; a. सस्ता, घटिया, निकम्मा, बेकार; ~-ply द्विस्तर, दोतही, दोतारा; ~-tongued धूर्त्त, मक्कार; ~-way द्विक्, द्विपथवर्ती; *it takes ~ to make a quarrel* एक हाथसे ताली नहीं बजती; *put ~ and ~ together* स्पष्ट अर्थ लेना; *~ and ~ make four* दो और दो चार, वही तीन कोड़ी वही सत्ठ; *~ can play at that game* (धमकी देते समय) यह हमको भी आता है, अच्छा हम भी देखेंगे; थोड़े-से; *~ of the trade seldom agree* एक म्यानमें दो तलवारें नहीं रह सकतीं; *tuck in your ~penny* (ग्रा०; उछल मेंढक खेलमें) सिरको कन्धेसे मिला लो;

~-bedroom, ~-branched, ~-celled, ~-dimensional, ~-edged, ~-faced, ~-headed, ~-hooked, ~-horned, ~-humped, ~-lipped, ~-mouthed, ~-ranked, ~-storeyed, ~ toed, ~-toothed.

twofold १. a. द्विगुणित, दोहरा, दुगुना, दूना (~ *yarn*) २. adv. दुहरे रूपमें।

twoness n. द्वित्व, दो होना।

twosome a. & n. दो व्यक्तियोंका (खेल या नाच)।

'twould *it would* का संकुचित रूप।

twyer n. = TUYERE.

tycoon n. जापानके राजाकी उपाधि (१८५४-६८)।

tyg n. (प्रा० दो हत्थेवाला) चषक, प्याला, टिग।

tying दे० TIE[2].

tyke, ti- n. लँड़ी कुत्ता; नीच व्यक्ति, कमीना आदमी।

tylopod a. & n. गद्दीदार पैरवाला (पशु, जैसे ऊँट)।

tylosis n. (श० र० शा०) अक्षिवर्मशोथ।

tymantitis n. अफारा।

tymp n. भ्राष्ट्र-विवर, भ्राष्ट्रमुख, भाड़का मुँह, भट्ठीका मुँह।

tympan n. (pl. *-a*) कर्णपटह।

tympanal a. पटहास्थि-सदृश; पटहकलावत्, झिल्लीके पर्दे-सा; (श० र० शा०) कर्णपटहीय, मध्यकर्णगृहीय, कर्णपटह-सम्बन्धी।

tympanic a. मध्यकर्णीय, मध्यकर्ण-विषयक, पटह-सम्बन्धी, कर्णपटह-सम्बन्धी; ~ membrane कर्णपटह, कानका परदा; ~ ring कर्णपटह-वलय।

tympanites n. जठरशोथ, वाईके कारण पेटकी सूजन।

tympanitis n. कर्णपटहप्रदाह, कानके ढोलका शोफ या सूजनसहित जलन।

tympanum n. (pl. *-na*) (श० र० शा०) मध्यकर्ण, मध्यकर्णगुहा; पटह, कर्णपटह, कानका पर्दा; (वतखोंकी) श्वासनलीका सुडौल सिरा; (स्था०) द्वारकी ऊपरी चौखट और महराबके बीचका स्थान, किवाड़का दिला; एक प्रकारकी पाँव-चक्की।

typal a. प्ररूपवत्, नमूनेका।

type[1] n. आदर्श, प्रतिरूप, प्ररूप, प्रतीक, उदाहरण, मिसाल; उदाहरणस्वरूप व्यक्ति, वस्तु या घटना; उपलक्षक, नमूना (*the treatment he received is but a ~ of what patriots must expect*); जाति, प्रकार, भाँति, वर्ग (*I dislike men of that ~*); (प्राणिवि०) संरचना, रचना, ढाँचा; (पशु अथवा वनस्पति आदिकी) विजाति, श्रेणी, वर्ग, नस्ल; किसी समुदायका प्रतिनिधि प्राणी; (रसा०) यौगिक प्ररूप; आदर्श धारणा, नमूनेकी कलाकृति; (पदक या सिक्केके दोनों ओरका) ठप्पा, छाप; मुद्र, मुद्रणाक्षर, टाइप (*wooden ~s are now used only for posters*); मुद्राक्षर-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

समुदाय, मुद्रणाक्षर-माला; चिह्न, लक्षण, निशान; ~-founder टाइप ढालनेवाला; ~ foundry टाइपकी ढलाई या ढलाईका कारखाना; ~-metal मुद्रधातु, टाइप बनानेकी मिश्र धातु; ~script मुद्रलिपि, मुद्रलेख; ~-setter कम्पोजीटर; टाइप जमानेका यन्त्र; ~-setting मुद्रस्थापन, टाइप-व्यवस्था; ~-write टंकित या टाइप की हुई प्रति; ~-writer टंकणयन्त्र, टंकनी, लिपियन्त्र, टंकलिख, मुद्रलिख, टाइप-राइटर; (अब क्वचित्) टंकणलेखक, टंकलिपिक, टाइपिस्ट;

~ bar, ~-body, ~ case, ~casting, ~casting mechanic, ~casting operator, ~-cutter, ~ design, ~-flimsies, ~ genus, ~-high, ~-holder, ~ metal, ~ sample, ~ species, ~ specimen, ~ store branch, ~ sto ekeeper, ~ supplier, ~ tree, ~-writer machine, ~writer ribbon, ~writing, ~writing company, ~writing firm, ~writing machine, ~writing paper, ~-written.

type[2] v.t. प्ररूप होना, प्रतीक होना, उस प्रकारका होना, नमूना बनना; टंकित करना, टाइप करना; चिह्नित करना।

typed a. टंक-लिखित, टंकित, मुद्रलिखित, (*type-written* भी)।

typhilitis n. अन्त्रपुच्छशोथ।

typhlology n. अन्धत्व विज्ञान, अन्धत्वशास्त्र।

typhogenic a. पूयज्वर-जनक, मोहज्वरोत्पादक, सन्निपात ज्वर पैदा करनेवाला, मोतीझराका बुखार लानेवाला।

typhoid n. (~ *fever* भी) आन्त्रज्वर, पूयज्वर, सन्निपात ज्वर, टाइफायड (~ *pneumonia*)।

typhoidal a. आन्त्रज्वरीय, पूयज्वर-विषयक, सन्निपात-ज्वर-सम्बन्धी, टाइफायडका।

typhomania n. आन्त्र-ज्वरोन्माद, टाइफायडकी बहक।

typhonic a. तूफानी, टाइफूनसे सम्बन्धित।

typhoon n. (प्रशान्तसागरीय) घूर्णवात, बवण्डर, तूफान, टाइफून।

typhous a. सन्निपात-ज्वर-सम्बन्धी; सन्निपात-रोग-ग्रस्त।

typhus n. पूयज्वर, मोहज्वर; सन्निपात ज्वर, टाइफस बुखार (*malignant, simple*, ~)।

typic a. प्रारूपिक, प्रतिरूपात्मक, सार्वलक्षणिक, प्रतिरूपी (~ *average*); आदर्शस्वरूप, प्रतिनिधि, प्रतीकात्मक, प्रकारात्मक, मिसाली, नमूनेका।

typical a. = TYPIC; विशिष्ट, विशेष, विशेषता-सूचक; आदर्शभूत;

~ average, ~ compounds, ~ flower, ~ genus, ~ market, ~ phraseology, ~ rock, ~ soil, ~ structure.

typicality n. = TYPICALNESS.

typicalness n. प्रतिरूपता, प्रारूपिकता, प्रतिरूपात्मकता, प्रतीकात्मकता; विशिष्टता, विशेषता, आदर्शवत्ता।

typification n. प्ररूपण, प्ररूप-प्रदर्शन, पूर्वसूचन, पूर्वभासीकरण, आदर्श स्थापन; प्रतिनिधित्व, रूप-ग्रहण।

typifier n. प्ररूपक, प्ररूप-प्रदर्शक, पूर्वसूचक; प्ररूपण-कर्त्ता, प्रतीप, प्रतिनिधि।

typify v.t. प्ररूपित करना, आदर्श होना, उदाहरण-स्वरूप होना, प्रतिनिधित्व करना; पूर्वाभास देना, पूर्व-लक्षण प्रकट करना; किसी वस्तुकी विशेषताएँ रखना; विशेषताओंको मूर्त रूप देना।

typing n. मुद्रलेखन, टंकण, टाइप करना (~ *section*); प्रकार-निरूपण (*hereditary* ~)।

typist n. टंकक, मुद्रलेखक, टाइपिस्ट, टाइप बाबू।

typo, typographer n. मुद्रलेखक, मुद्रटंकक।

typographic, -al aa. मुद्रण-कला-विषयक; मुद्रण-रूप-सम्बन्धी. छापेका, मुद्र- (~ *mistake*)।

typography n. मुद्रांकन, मुद्रण-कला; मुद्रण-रूप, मुद्रित सामग्रीका सौष्ठव या बाह्य रूप, मुद्रण सौंदर्य।

typology n. प्रकार-विज्ञान, जातिविज्ञान।

typonym n. जातिनाम।

tyrannic, -al aa. क्रूर, उत्पीड़क, नृशंस, अत्याचारी, जालिम; निरंकुश, स्वेच्छाचारी, तानाशाह।

tyrannicalness n. क्रूरता, उत्पीड़न, नृशंसता, अत्याचार; निरंकुशता, तानाशाही।

tyrannicidal a. निरंकुशता-घातक; क्रूर शासकके लिए घातक; नृशंस शासकके वधसे सम्बन्धित।

tyrannicide n. क्रूर-शासक-घाती; नृशंस-शासकहत्या।

tyrannize v. i. & t. अत्याचार करना, क्रूरता बरतना, जुल्म करना; (अब क०) नृशंस शासन करना, निरंकुश शासन करना।

tyrannous a. अत्याचारी, क्रूर, निर्दय, नृशंस, उत्पीड़क; निरंकुश, स्वेच्छाचारी, प्रजापीड़क।

tyrannousness n. क्रूरता, नृशंसता, उत्पीड़कता, जुलुम; निरंकुशता, स्वेच्छाचारिता, प्रजापीड़कता।

tyranny n. अत्याचार, क्रूरता, नृशंसता, उत्पीड़कता, जुलुम; निष्ठुर शासन, निरंकुशता, स्वेच्छाचारिता, प्रजापीड़न, तानाशाही; निरंकुश शासनका युग।

tyrant n. क्रूर शासक, अत्याचारी शासक, प्रजापीड़क राजा; निरंकुश शासक, अधिनायक, तानाशाह।

tyre[1] n. जमा हुआ दूध और मक्खन।

tyre[2] n. दे० TIRE[2].

tyriasis n. = ELEPHANTIASIS.

tyro n. नवच्छात्र, नवशिष्य, नौसिखिया।

tyronic a. नवशिष्य-सम्बन्धी।

tyrotoxin n. दधि-क्षारेय, दधिविष।

Tzar n. दे० CZAR.

tzetze n. दे० TSETSE.

Tzigane[1] n. हंगरीका यायावर (जिप्सी)।

Tzigane[2] a. हंगरीके जिप्सियोंका या उनके संगीतका।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

U

U (pl. *-s*, *~'s*) अँग्रेजी वर्णमालाका इक्कीसवाँ वर्ण यू, उ, ऊ; *~*-boat जर्मन जलान्तर्गा, मग्नपोत, अधःपोत, जर्मन पनडुब्बी, यू-बोट; *~*-bolt U की आकृतिकी चिटखनी या बोल्ट, यू-बोल्ट; *~*-tube ऊर्ध्ववाहु नलिका, U की आकृतिकी नली, यू-ट्यूब ।

uberous a. सफल, फलयुक्त, फलवान्, फलदार; प्रचुर, अधिक, काफी; विशाल, विस्तृत, लम्बा-चौड़ा, बड़ा ।

uberty n. साफल्य, सफलता, फलवत्ता, फलदार होना; प्रचुरता, प्राचुर्य, आधिक्य, अधिकता, बहुतायत; विशालता, विस्तृति, विस्तार ।

ubication n. = UBIETY.

ubiety n. स्थानीयता, स्थान-सम्बन्ध; अवस्था ।

ubiquarian a. = UBIQUITOUS.

ubiquitarian n. & a. (धर्म०) यीशू मसीहकी सत्ताकी सर्वव्यापकताका (विश्वास करनेवाला); सर्वविद्यमानतावादी ।

ubiquitarianism n. सर्वव्यापकतावाद ।

ubiquitary a. = UBIQUITOUS.

ubiquitism n. = UBIQUITARIANISM.

ubiquitous a. सर्वव्यापक, सर्वव्यापी, सर्वगत, सर्वविद्यमान ।

ubiquitously adv. सर्वत्र ।

ubiquitousness n. सर्वव्यापकता, सर्वविद्यमानता ।

ubiquity n. सर्वव्यापित्व, सर्वव्यापकता, सर्वत्रविद्यमानता (एक ही समयमें सर्वत्र अथवा कई स्थानोंपर उपस्थिति); *~* of the king न्यायाधीशोंके रूपमें राजाकी सर्वविद्यमानता ।

udal १. n. जागीर; २. a. जागीरी ।

udaller n. जागीरदार, जमींदार ।

udder n. आपीन, स्तन, पीनोध्न, पशुओं इत्यादिके स्तन-कोष, थन ।

uddered a. स्तनी, पीनोध्नी, थनवाली (*~ cow*) ।

udderful a. भरे हुए थनवाली ।

udderless a. निःस्तन, थनविहीन ।

udometer n. वर्षमान, वर्षामापी, वर्षामापक यन्त्र, उडोमीटर ।

ugh int. (विरक्ति या भय सूचक पद) उफ !, ओफ !, बाप रे !, हैं !, राम ! राम ! लाहौल बला कूवत !, तोबा-तोबा ! हाय रे !

uglification n. विकृतीकरण, आकृति बिगाड़ना, चेहरा बिगाड़ना या गन्दा करना ।

uglify v.t. विकृत कर देना, आकृति बिगाड़ देना, कुरूप बनाना, गन्दा करना ।

ugliness n. विकृति, विकार, वैरूप्य, विरूपता, कुरूपता, अपरूपता, भद्दापन, भोंड़ापन, गन्दापन, बदसूरती ।

ugly १. n. (१९वीं शताब्दीके मध्यकालके लगभग पहनी जानेवाली स्त्रियोंकी टोपीमें लगा हुआ) लघु आवरण, घूँघट, साया; (बोल०) कुरूप व्यक्ति, भद्दा आदमी; २. a. विरूप, अपरूप, कदाकार, विकृताकार, कुरूप, दुर्दर्शन, कुत्सित, निन्द्य, निन्दनीय, घृणास्पद, भोंडा, गन्दा, बदशक्ल, बदसूरत (*the ugliest house, face, I have seen*); चरित्रभ्रष्ट, दुश्चरित्र, चरित्रहीन, असभ्य, अशिष्ट, अधम, घृण्य, घृणित, अकीर्तिकर, अप्रीतिव्यंजक, अप्रीतिकर, अप्रिय, नैतिक दृष्टिसे विरक्तिकर या घृणाजनक, भयप्रदर्शक, निराशाजनक, आशंकाजनक, भद्दा, भोंडा, बुरा, फूहड़, नागवार, नफरतके लायक (*his conduct has an ~ look*); रद्दी (*an ~ job*); *~* duckling निन्द्यानिन्द्य व्यक्ति (जो पहले सबसे बुद्धू या अकर्मण्य व्यक्ति समझा जाय, किन्तु बादमें अतीव प्रतिभाशाली एवं योग्य सिद्ध हो) ।

ugsome a. जुगुप्स्य, बीभत्स, घृण्य, घृणार्ह, घृणायोग्य; भीतिजनक, भयानक, डरावना, खौफनाक ।

ugsomeness n. बीभत्सता, जुगुप्स्यता, घृण्यता, घृणार्हता, घृणायोग्यता; भयंकरता, भयानकता, डरावनापन, डर ।

uhlan n. कुछ योरपीय सेनाओंके अश्वारोही सैनिक, बरछीदार सैनिक ।

Uitlander n. (दक्षिणी अफ्रीका) परदेशी, विदेशी ।

ukase n. रूस-सम्राटका प्रचारित आदेश, रूसकी जारसरकारका आज्ञापत्र या फरमान; स्वेच्छाचारी शासककी कोई आज्ञा ।

ukulele n. टोवाई द्वीपका गिटारके प्रकारका चार तारोंवाला वाद्ययन्त्र-विशेष, चौतारी वीणा ।

ulcer n. विद्रधि, पूयव्रण, नाड़ीव्रण, नाड़ीक्षत, व्रण, क्षत, शरीरके बाह्य अथवा आन्तरिक तलका रसदार फोड़ा, नासूर, अलसर; (ला०) नैतिक कलंक, चरित्र-दोष, व्यभिचारपूर्ण प्रभाव, भ्रष्टाचार, व्यभिचार, अनैतिकता, दुराचार; गन्दगी ।

ulcerable a. व्रणयोग्य, नासूर होनेवाला ।

ulcerate v.t. & i. व्रणका रूप धारण कर लेना, विद्रधि बना देना, व्रण या घाव कर देना, व्रण या अलसर बन जाना, क्षतमें परिणत होना, फोड़ा होना, नासूर पड़ जाना; (ला०) नैतिक व्रण उत्पन्न कर देना, नैतिक दोष बन जाना, व्यभिचार फैलाना, भ्रष्टाचार फैलाना, भ्रष्टाचारका केन्द्र बन जाना, भ्रष्ट कर देना, दूषित कर देना, दुराचारी बनाना या बनना ।

ulcerated a. व्रणित, विद्रधियुक्त ।

ulceration n. व्रणोद्भव, व्रण-निर्माण, क्षत, व्रण हो जानेकी अवस्था, नासूर हो जाना ।

ulcerative a. सव्रण, विद्रधियुक्त, व्रणका रूप धारण करनेवाला, व्रण बनने या बनानेवाला, नासूर करनेवाला ।

ulcered, ulcerous aa. पूयव्रणी, सव्रण, सविद्रधि, उपहत, नासूरवाला, नासूरदार ।

ulcerousness n. व्रणता, व्रणयुक्तता, सक्षतता ।

Ulema n. मौलाना, पवित्र विधि एवं धर्मशास्त्रका ज्ञाता मुसलमान विद्वान्, उलमा ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

uliginal a. कर्दमजात, कीचड़में पैदा होनेवाला।
uliginose a. = ULIGINOUS.
uliginous a. स्रावी, च्यावी, रिसनेवाला, टपकनेवाला, चूनेवाला; पंकिल, मैला, गदला।
ullage n. (वाणि०) हीनता, कमी (भरनेमें); (पीपेकी) धारण-हीनता।
Ulloa's circle n. (ज्यौतिष) श्वेतचाप।
ulmin n. (वन०) उद्रस, उद्यास; (रसा०) उपकरि।
ulna n. (pl. *-e*) अन्तःप्रकोष्ठास्थि, अन्तःप्रकोष्ठिका, अरलिगा, अरलि, कलाईकी दो हड्डियोंमेंसे नीचेकी हड्डी।
ulnad adv. अभ्यरलि, बाँहकी निचली हड्डीकी ओर।
ulnar a. अन्तःप्रकोष्ठास्थि-सम्बन्धी, अरलि-, अरलीय, बाँहकी निचली हड्डीका (~ *nerve*)।
ulotrichan n. ऊर्णकेशी, ऊनी बालोंवाली जाति।
ulotrichous a. ऊर्णाभकेशी, ऊर्णाभ रोमयुक्त, ऊन-जैसे बालोंवाला।
ulster n. एक प्रकारका लम्बा ढीला-ढाला लबादा या ओवर-कोट, अल्स्टर; U~ custom अल्स्टरी प्रथा, भूमिधरोंके अधिकारोंकी आयर्लैण्डमें प्रचलित प्रणाली, अल्स्टर-प्रथा।
ulstered a. अल्स्टर-धारी, अल्स्टर कोट पहने हुए।
ulterior a. अन्तरस्थ, दूरवर्ती, दूरतर, दूरस्थ, परे स्थित; पश्चाद्वर्ती, अप्रत्यक्ष, परोक्ष, प्रच्छन्न, गुप्त, पृष्ठभूमिमें निहित; अपर, अतीत (विवाद-विषय अथवा प्रत्यक्ष प्रमाणादिकी) सीमासे बाहरका, परोक्ष अवान्तर, उत्तर, इतर, परे, परला, दरपर्दा, तहमें छिपा हुआ (~ *motives, views*)।
ulteriorly adv. अन्ततः, अन्ततोगत्वा, आखिर।
ultima n. (व्या०) अन्त्य अक्षर; अन्त, चरम।
ultimacy n. आद्यता, आदिमता, मौलिकता, प्राथमिकता, मूलभूतता; आधारभूतता, बुनियादीपन; चरमता, परमता, अन्त्यता, अविभाज्यता, अन्तिमता, अन्त, आखिरीपन।
ultimate a. आद्य, आदिम, मौलिक, प्राथमिक, मूलभूत, आधारभूत, बुनियादी (~ *basis*); चरम, परम, अन्त्य, अविभाज्य, अन्तिम, अन्त, पिछला, आखिरी, कतई (~ *capacity, result*); ~ destination गम्य स्थान; ~ truth परम सत्य; the ~ facts of nature मूलभूत प्राकृतिक तथ्य।
ultimately adv. अन्ततोगत्वा, फलतः, परिणामतः, अन्त, शेषतः, अन्तको, आखिरकार।
ultimateness n. आद्यता, प्राथमिकता, मौलिकता, मूलभूतता, आधारभूतता, बुनियादीपन; चरमत्व, अन्तिमता, अन्त्यत्व, परमत्व, अन्तिम अवस्था, अन्त।
ultimatum n. (pl. *-s, -a*) मौलिक सिद्धान्त, मूलभूत या परम तत्त्व, चरमता, मौलिक बात; सार, अन्तिम निष्कर्ष, अन्तिम निर्णय, अन्तिम माँग, अन्तिम चेतावनी; चरमाभिसन्धि, निदान-प्रस्ताव, निदान-शब्द, अन्त्य-प्रतिज्ञा, चरम-पत्र, शेष प्रस्ताव, शर्तोंका अन्तिम प्रस्ताव या कथन, अन्तिम बात या शर्त, अल्टीमेटम।
ultimity n. तात्त्विकता, तात्त्विक सिद्धान्त; चरमता, परमता, अन्त्यता, अन्तिमता, अन्त, आखिरीपन।
ultimo a. & n. गतमास; गत।
ultimogeniture n. अन्त्यजाताधिकार, कनिष्ठाधिकार; अन्त्यजन्मता, कनिष्ठता, छुटाई।
ultra n. & a. उत्कट प्रगतिवादी, अतिपक्षी; अतिवादी, अतिपक्षी दृष्टिकोणों या कार्योंका पक्षपाती या समर्थक (व्यक्ति); अत्यन्त, अति, बहुल (~ *high*); अतीत, दूरस्थ, परे, पार।
ultraism n. उत्कटवाद, उग्र सिद्धान्त; प्रगतिवाद; अतिपक्षवादिता, अतिवाद, अतिवादी दृष्टिकोण।
ultraist n. उग्रवादी, उत्कटवादी; प्रगतिवादी; अतिपक्षी, अतिवादी।
ultramarine १. n. नील, सुन्दर नीलवर्ण, नीला रंग; २. a. पारसामुद्रिक, समुद्रपारस्थित, समुद्रपारका; artificial ~ बनावटी नील रंग, रासायनिक नील; ~ ashes नीलोपलास्थि; ~ yellow पीला लाजवर्द।
ultramontane १. n. पर्वत-पारवासी व्यक्ति, आल्प्स पर्वतके दक्षिणका निवासी; पोपके निरंकुश आधिपत्यका पक्षपाती व्यक्ति; २. a. अतिपर्वतीय, आल्प्स पर्वतके दक्षिणमें स्थित; (अनुशासन एवं विश्वासके विषयमें) पोपके सर्वाधिपत्यका पक्षपाती; इटली-निवासी, इटालियन।
ultramontanism n. पोप-निरंकुशतावाद, पोपका पक्षपात।
ultramontanist n. पोपाधिकारवादी, पोपतन्त्रवादी, पोपका पक्षपाती व्यक्ति।
ultramundane a. जगदतीत, संसारपार, संसारसे परे।
ultra-rays n. पराकिरण।
ultrasonic a. कर्णातीत, श्रवणातीत; परास्वनिक।
ultra-violet a. (सप्तवर्णोंकी अदृश्य किरणोंका) परा-नीलाभरक्त, पारजम्बु, पारनीललोहित, परावैंगनी, पार-जम्बू, वैंगनी किरणोंसे अधिक प्रकाशवान् (~ *light*)।
ultroneous a. स्वैच्छिक, स्वयं।
ululant a. क्रन्दी, आक्रन्दी, क्रोशी, आक्रोशी, विलापी, रोनेवाला, चीखनेवाला, गुर्रानेवाला।
ululate v. i. चीखना, गुर्राना, उल्लूकी-सी आवाज निकालना; भौंकना, भेड़ियेकी-सी आवाज निकालना।
ululation n. क्रन्दन, आक्रन्दन, क्राशण, आक्रोशण, विलाप, रोना, चीखना, गुर्राना।
umbel n. छत्रपुष्प, छत्रक, उच्छत्र, उच्छत्रकुल, छत्तर, छतरीदार फूल, पुष्पगुच्छ।
umbellal, umbellar aa. उच्छत्रीय, छत्रकीय।
umbellate, umbelliform aa. गुच्छमय, छत्रकीय, उच्छत्राकार, छत्तरनुमा, छतरीदार, गुच्छेदार।
umbellet, umbellule nn. उच्छत्रिका, नन्हीं-सी छतरी, गुच्छा।
umbellic a. उच्छत्रिक (~ *acid*)।
umbelliferous a. छत्रपुष्पी, उच्छत्रयुक्त, छत्तरदार।
umber[1] १. n. बभ्रुमृदा, बभ्रुकी, भूरे रंगकी प्राकृतिक गेरू, अम्बर; २. v.t. बभ्रुमृदा या बभ्रुकीका रंग देना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

भूरे रंगमें रंजित करना, अम्बरके रंगमें रँगना; ३. a. बभ्रुकीवर्ण, अम्बर, भूरा, श्याम, साँवला; ~-bird बभ्रुमृत्स्ना-पक्षी, बभ्रुकी पक्षी, अम्बर पक्षी, बगलेकी जातिका अफ्रीकी भूरा पक्षी।

umber[2] n. बभ्रुमत्स्य. बभ्रुकी, बभ्रुमीन, अम्बर मछली।

umbered a. बभ्रुमृत्स्ना-रंजित, बभ्रुकी-रंजित, अम्बरसे रँगा हुआ।

umbery a. बभ्रुकीय, भूरा।

umbilical a. नाभीय, नाभ्य, नाभि-सम्बन्धी, नाल-, नाभिके निकट स्थित (~ *hernia, region*); केन्द्रीय, मध्यवर्ती; नारीपक्षसे सम्बन्धित (*an ~ ancestor*); ~ artery नालरोहिणी; ~ cord नाभिनाल, नाभिरज्जु, नाभिनाड़ी, गर्भनाड़ी, जन्मरज्जु, नाल, भ्रूण या पौतसे कमल या अपरा तक जानेवाली तन्तु।

umbilicate a. नाभिमान्, नाभिवाला; नाभ्याकार, नाभिवत्।

umbilication n. नाभीकरण; नाभिवत् खात।

umbilicus n. अधिश्रयण, नाभि; (वन०, जन्तुवि०, शंख शा०) नाभ्याकार रचना, नाभिवत् गठन; (रोमन पुरातत्त्व) शाखिशिफ, उस लकड़ीके दोनों सिरोंका लट्टू (जिसपर पाण्डुलिपि लपेटी जाती थी); (रेखा०) किसी तलका बिन्दु-विशेष (जिससे होकर सभी वक्र रेखाएँ जाती हैं); गर्तिका, छोटा गड्ढा।

umbiliferous a. नाभियुक्त, नाभिवाला।

umbiliform a. नाभ्याकार।

umbles n. pl. हरिणान्त्र, हिरनकी आँतें।

umbra n. (pl. *-e*) कलंक, सूर्यके धब्बेका मध्यभाग; (ग० ज्यो०) भूछाया, प्रच्छाया, उपच्छाया, ग्रहणमें पृथ्वी अथवा चन्द्रमा द्वारा पड़नेवाली सम्पूर्ण छाया; (रोमन पुरातत्त्व) किसी अतिथि द्वारा साथमें लाया हुआ अनाहूत या अनिमन्त्रित अतिथि; भूत प्रेत।

umbraculiform a. छत्रवत्, छत्र सदृश, छाते-जैसा।

umbrage n. (प्रमुखतः का०) वृक्षच्छाया, छाया, छाँव; विरक्ति, अपकार या अपमानका विषाद, व्यक्तित्व अथवा व्यवहारमें उत्पन्न उपेक्षाभाव, अपमानभाव, क्लेश, दुःख, रोग, खिन्नता, कोप, क्रोध, अप्रसन्नता, असन्तोष, अप्रीति, नाराजगी, खफगी; *give* ~ दिल दुखाना; *take* ~ बुरा मानना।

umbrageous a. निविड़, छायाबहुल, छायाप्रदायी, छायामय, छायादार, सायादार, धुँधला; विषण्ण, क्षुब्ध, रुष्ट, असन्तुष्ट, अप्रसन्न, नाराज, खफा।

umbrageousness n. निविड़ता, छायाबहुलता, छायाप्रदता, छायामयता, सायादारी।

umbral a. छाया-, प्रच्छाया-सम्बन्धी (~ *cone*)।

umbratic a. प्रच्छाय, एकान्त; UMBRATILE.

umbratile a. प्रच्छाय, छाया-सम्बन्धी; छायामय, छायादार; अव्यावहारिक।

umbre n. UMBER[2].

umbrella* n. घर्मत्राण, आतपवारण, आतपत्र, जलत्र, छतर, छत्र, छत्री, छाता*, छतरी; (~-*shell* भी) छतरीकी शक्लके घोंघे; (ला०) लड़ाकू वायुयानका एक पर्दा अथवा आगका पर्दा; जेली मछलीके शरीरकी लिसलिसी पट्टियाँ (जिनके सिकुड़ने और फैलनेसे वह तैरती है); ~-bird छत्र-पक्षी, छतर-चिड़िया, दक्षिणी अमरीकाका कलँगीदार पक्षी; ~-tree (बोल०) छत्रवृक्ष, छत्राकार वृक्ष; छत्र-तरु, छत्तर-पात, छोटा मैग्नोलिया वृक्ष;

~ ant, ~ cloth, ~ fittings, ~ palm, ~ pine, ~-shaped, ~-stand, ~ type.

umbrella'd a. छत्रयुक्त, छतरदार; छत्री या छतरी लिये।

umbrette n. UMBER[2]; बभ्रु पक्षी।

umbriferous a. निविड़, छायाबहुल, छायाप्रदायी, छायामय, छायादार, सायादार।

umbril n. शिरस्त्राण, टोपी।

umbrose a. निविड़, छायी, छायाप्रदायी, छायामय, छायादार, सायादार।

umbrosity n. निविड़ता, छायिता, छायाप्रदता, छायामयता, छायादारी, सायादारी।

umbrous a. = UMBROSE.

umiak n. ऊमियक नाव, (एस्किमोकी नौका)।

umlaut १. n. अभिश्रुति, स्वरपरिवृत्ति.(आर्यभाषाओंमें) *i* अथवा *u* (अब प्रायः लुप्त अथवा परिवर्तित) के कारण अक्षरका स्वर-परिवर्तन; २. v.t. (रूप या ध्वनिमें) स्वर-परिवतनका चिह्न लगाना; स्वर-परिवर्तन करना।

umpirage, umpireship nn. मध्यस्थता, मध्यस्थका निर्णय, पंचायती; अम्पायरी; पंचायत।

umpire १. n. निर्णायक, निर्णेता, विचारक, पंच; प्रमाण-पुरुष, आप्तजन, क्रिकेट वगैरह खेलोंमें मतभेदोंका निर्णेता एवं नियमोंका पालन करानेवाला, अम्पायर; प्रश्नोंका निदान करनेके लिए नियुक्त मध्यस्थ व्यक्ति; (कानून) मध्यस्थ, तृतीय व्यक्ति, सरपंच, पंच, सालिस; २. v.t. & i. (खेलमें) अम्पायरके रूपमें कार्य करना, निर्णय करना, अम्पायरी करना, मध्यस्थ बनना।

umpteen a. (ग्रा०) कई, बहुतेरे, बहुत-से।

'un pron. (बोल०) एक (व्यक्ति या वस्तु): वह।

una n. ऊना, (एक पालवाली नौका)।

unabashed a. अलज्ज, व्रीडारहित, बेशर्म, बिना झेंप।

unable a. (किसी कार्यको करनेमें) अक्षम, असमर्थ, अयोग्य, नाकाबिल, लाचार।

unabridged a. असंक्षिप्त, अन्यून, सम्पूर्ण, पूरा।

unaccented a. बलाघातहीन, बलरहित, अबल; अस्वरांकित।

unacceptable a. अस्वीकार्य, अग्राह्य, अप्रिय, अरुचिकर, अप्रीतिकर, नापसन्द।

unaccompanied a. संगिहीन, एकाकी, अकेला; साथ न जानेवाला (~ *luggage*); रहित, के बिना; (संगीत) बिना वाद्ययन्त्रों की संगतका।

unaccomplished a. अप्रवीण, अमार्जित, गुणरहित, कलारहित, बेहुनर; असमाप्त, अनिष्पन्न, अकृत, अपूर्ण,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

असम्पादित, अधूरा, बेकार।

unaccountability, unaccountableness nn. दायित्वशून्यता; दुर्ज्ञेयता, विचित्रता, अकथनीयता।

unaccountable a. दुर्ज्ञेय, अद्भुत, रहस्यमय, अकथनीय, अकथ, अनोखा; दायित्वशून्य, अनुत्तरदायी, गैर-जिम्मेदार; अकारण, अज्ञातकारण।

unaccredited a. अनधिकृत, अमान्य, अप्रतीत।

unaccustomed a. (किसी कार्य इत्यादिके लिए) अनभ्यस्त, अकृताभ्यास, अपरिचित, अननुभूत, अनभिज्ञ, अनजान, अनजाना (*his ~ silence*)।

unacquainted a. अनभिज्ञ, अजान, बेखबर; असामान्य, असाधारण, अनसुना।

unactable a. अनभिनेय, रंगमंचके अयोग्य।

unacted a. अनभिनीत, न खेला गया।

unadaptable a. अननुयोज्य, अनम्य, कठोर, कड़ा।

unadjusted a. असमंजित, असमायोजित, अक्रम; अनिर्धारित, अस्थिर; बेढंगा।

unadmitted a. अप्रविष्ट; अनभिज्ञात; अस्वीकृत, अगृहीत, अनमाना।

unadopted a. अगृहीत, अनुपयोजित।

unadorned a. अनलंकृत, अशोभित, सादा।

unadulterated a. अदूषित, अमिश्रित, शुद्ध, विशुद्ध, खालिस, बेमिलावट; वास्तविक, खरा, असली।

unadvanced a. अविकसित, अनुन्नत, पिछड़ा हुआ।

unadventurous a. कातर, भीरु, कायर, भयभीत, असाहसी, डरपोक, बेहिम्मत।

unadvised a. अविवेकी, अयुक्तिसिद्ध, अविमृश्यकारी, असंयत, अविचारी, विचारहीन, गुमराह।

unaffable a. असरल, अविनीत, अशील, अमिलनसार।

unaffected a. (किसीके द्वारा) अप्रभावित; अव्याज, अकृत्रिम, निष्कपट, सहज, सरल, अकपट, स्वाभाविक, यथार्थ, सच्चा, सीधा-सादा, खरा, असल; अविकृत।

unaffectedness n. अकृत्रिमता, यथार्थता, निष्कपटता, सरलता, सच्चाई, खरापन।

unaiming a. लक्ष्यहीन, उद्देश्यरहित, बेकार।

unakin a. असम्बन्धित।

unal a. एक, अकेला; एकात्मक, ऐक्य-सम्बन्धी, एकता-विषयक।

unalloted a. अनियत, अनिर्धारित, अप्रदत्त।

unambiguous a. स्पष्टार्थ, असन्दिग्धार्थ, असन्दिग्ध।

unambitious a. आकांक्षारहित, निराकांक्ष, सन्तोषी; एकान्तप्रिय; आत्मप्रदर्शनविरोधी।

unanimated a. निर्जीव, निष्प्राण, बेजान, मुर्दा; निरुत्साही, अनुत्साही, आवेशहीन, बिना जोशका; अलस, आलसी, निकम्मा।

unanimating a. अलस, आलसी, निकम्मा; ठण्डा।

unanimiter adv. (कानून) सर्वसम्मत्या, एकचित्ततया, सर्वमत्या, सर्वमतसे।

unanimity, unanimousness nn. समभावता, सर्वसम्मति, एकचित्तता, एकमतता, मतैक्य, चित्तैक्य, ऐकमत्य, एकविचारता, एकदिली, एक राय।

unanimous a. समभाव, एकचित्त, एकमत, एकविचार, एकराय (*the meeting was ~*); (मत, वोट इत्यादि-सम्बन्धी) सर्वसम्मत, सर्वस्वीकृत, सर्वप्रदत्त, मतैक्य द्वारा एक साथ समर्थित या प्रदत्त, सर्वसम्मतिसे निश्चित या निर्धारित, एकभाव, एकदिल, एकरंग।

unanswerability, unanswerableness nn. अप्रतिवाच्यता, अप्रतिवादनीयता, अनुत्तरता।

unanswerable a. अप्रतिवाच्य, अखण्डनीय, अनुत्तर, लाजवाब; अनुत्तरदायी, गैर-जिम्मेदार।

unanswered a. अप्रत्याख्यात, अनुत्तरित, अनस्वीकृत, अखण्डित, जवाब न दिया हुआ।

unapostolic a. ईसा द्वारा प्रेषित धर्मप्रचारक शिष्यके सिद्धान्तोंके विपरीत; ईसा द्वारा नियुक्त धर्माचार्योंकी प्रामाणिकताके बिना।

unapparent a. अस्पष्ट, दुरूह, अप्रत्यक्ष, अदृश्य, धुँधला।

unappetizing a. अप्रिय, अनाकर्षक, घृण्य, बेमजा।

unappropriated a. अप्रयुक्त, अरक्षित, अनधिकृत; ~ blessing (हास्य०) वृद्धा कुमारी या क्वाँरी स्त्री।

unapt a. असमर्थ, अयोग्य, अपात्र; अनिच्छुक अप्रवण, अनुद्यत, ढीला।

unarm v.t. निरस्त्रीकृत करना, अस्त्र-शस्त्रसे वंचित कर देना, हथियार या जिरह बख्तर हटा देना या छीन लेना, निहत्था करना।

unarmed a. निरायुध, विशस्त्र, निश्शस्त्र, निरस्त्र, असज्ज, अस्त्रादि द्वारा असज्जित, निहत्था, बेहथियार, खाली हाथ।

unarmoured a. अवर्मित, अकवचित, जिरहबख्तर-बिना।

unartificial a. अकृत्रिम, स्वाभाविक, असली।

unassailable a. (वक्तव्य इत्यादि) अप्रतिवादनीय; अनाक्रम्य, अनाक्रमणीय, अखण्डनीय, आक्षेप या निन्दासे सुरक्षित, अनिन्द्य।

unassimilated a. अपरिपाचित, अनात्मसात्कृत, विषम।

unassuming a. अदम्भ, अनहंकृत, अधृष्ट, सुशील, विनम्र, विनीत, निरभिमान, अप्रदर्शनप्रिय, सरल, सादा, बेतकल्लुफ।

unattached a. (छात्र) किसी छात्रावास या विद्यालयसे असम्बद्ध; (सेना०) किसी संघ, पल्टन या रेजिमेण्टसे असम्बद्ध; असंयुक्त, पृथक्, असंलग्न, असम्बद्ध; (कानून) ऋणके बदले कुर्क न किया जानेवाला; अविवाहित।

unattired a. विवस्त्र, वस्त्रहीन, नग्न, नंगा।

unauthentic a. अप्रमाण्य, अप्रामाणिक, प्रमाणरहित।

unauthenticated a. अप्रमाणित, प्रमाणविहीन, अतर्कसंगत, अयुक्त, अयुक्तियुक्त, गलत।

unauthoritative a. अप्रमाण्य, प्रमाणविहीन, अनधिकृत, अतर्क्य, अयुक्त, गलत।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

unavailable a. अलभ्य, अप्राप्य; अप्रभावी, निरर्थक, व्यर्थ, बेकार।

unavailing a. निष्फल, वृथा, निरर्थक, व्यर्थ, अकार्यकर, अकारथ, बेफायदा, बेअसर।

unavailingly adv. व्यर्थ, बेकार।

unavoidable a. अनिवार्य, अपरिहार्य, न टालने योग्य, मजबूरीका, ला-इलाज (~ *delay*)।

unaware a. अनभिज्ञ, अज्ञात, अचेत, अनजान, बेखबर, गाफिल।

unawares १. n. अलाभ, हानि; २. adv. हठात्, अकस्मात्, सहसा, एकाएक, अचानक, अप्रत्याशित रूपसे, अनभिप्रेत रूपसे, बेखबरीमें, बेजाने, बेइरादा (*was taken ~ by this question*)।

unbacked a. सहायहीन, रिक्तपक्ष, असमर्थित, बेसहारा, बेयार-मददगार, अकेला; बे फेरा हुआ (घोड़ेके लिए); (घुड़दौड़में) बिना शर्तका (घोड़ा)।

unbalanced a. असन्तुलित, अस्थिर (~ *gyroscope*); सामंजस्यहीन, असंयत, आवेशी, उत्तेजनाशील, उखड़ा-पुखड़ा; ~ diet अयुक्ताहार, विषमाहार।

unballasted a. असन्तुलित, अस्थिर (~ *ship*)।

unbank v.t. किनारेसे मिट्टी हटाना; (आगको) ऊपरसे राख हटाकर धुकाना या भड़काना।

unbar v.t. (प्रायः ला०) प्रतिबन्ध उठा लेना, रोक हटा लेना, कैद उठा लेना; (दरवाजे वगैरहकी) अर्गला या बेलन हटा देना, (दरवाजा वगैरह) खोलना।

unbear v.t. (घोड़ेकी) बागें ढीली करना या छोड़ देना।

unbeaten a. अपराजित, अजित, अतुलनीय (~ *record*)।

unbeautiful a. विरूप, कुरूप, असुन्दर, भद्दा, बदसूरत।

unbecoming a. अशोभन, अनुचित, बुरा (~ *speech*)।

unbecomingness n. अशोभनीयता, बुरापन।

unbegotten a. अजात, अजन्मा; अनादि।

unbeguile v.t. स्पष्ट कर देना, भ्रान्ति दूर करना, अप्रतारित करना, न छलना, न ठगना, धोखेसे न हटाना।

unbeknown, unbeknownst a. & adv. (बोल०) अज्ञात, नामालूम; अज्ञात रूपसे (*did it ~ to him*)।

unbelief n. अधर्म, अप्रत्यय, अनास्था, अविश्वास, विश्वासाभाव, पाखण्ड, अश्रद्धा नास्तिकता, अनास्तिक्य, संशय, अभक्ति।

unbeliever n. नास्तिक, आस्थाहीन, संशयालु, संशयात्मा, श्रद्धाहीन, भक्तिहीन, अविश्वासी, अभक्त, पाखण्डी।

unbelieving a. अधर्मी, नास्तिक, संशयात्मा, अविश्वासी, विश्वास न करनेवाला।

unbend v.t. & i. (मस्तिष्क इत्यादिको) भार या परिश्रमसे विश्रान्ति प्रदान करना, उन्मुक्त करना, आराम देना, ढीला करना, खोलना, सरल करना सीधा करना या होना; विनीत होना, नम्र होना, सादा या बेतकल्लुफ होना; (नौवि०) (पालोंकी) बल्लियाँ इत्यादि खोलना।

unbending a. अनम्य, अनमनीय, अ-वश्य, अटल, कठोर, दृढ़, कड़ा, कठिन, बेलोच, सख्त, तना हुआ, अडिग, न झुकनेवाला; दृढ़प्रतिज्ञ।

unbendingness n. अनम्यता, दृढ़ता, अ-वश्यता, अटलता, कठोरता, कड़ापन।

unbent a. अनत, अनमित, अनधीन।

unbias v.t. पक्षपातहीन करना, पक्षपातित्वसे मुक्त करना, पक्षपात हटाना, तरफदारीसे बरी करना।

unbias(s)ed a. निष्पक्ष, पक्षपातरहित (~ *opinion*); अनभिनत (~ *estimate*)।

unbiblical a. बाइबिलके विरुद्ध, बाइबिलके अनुसार अप्रामाणिक या अवैध।

unbind v.t. बन्धनमुक्त करना, मुक्ति देना, रिहा करना, रिहाई देना, खोलना, ढीला करना।

unbitted a. उद्दाम, बेलगाम (घोड़ा)।

unblemished a. निष्कलंक, अदोष, बेदाग; अविकृत, अविकार।

unblessed a. अनाशिष्ट; निरानन्द, अतुष्ट, अप्रसन्न; अभागा।

unblushing a. निर्लज्ज, लाजहीन, बेशर्म, ढीठ।

unbolt v.t. अर्गलमुक्त करना, अर्गला हटाना, कुण्डी खोलना, किवाड़ खोलना, चिटखनी हटाना।

unbosom v.t. & i. अपनी गुप्त भावनाएँ प्रकाशित करना, दिलका भेद खोलना, प्रकट करना, दिली बातें कहना।

unbound a. अजिल्द; खुला; अप्रतिबद्ध, स्वतन्त्र।

unbounded a. अपरिमित, अमित, असीम, अनन्त, असीमित, असंख्य, अपार, बे ठिकाने।

unboundedness n. असीमितता, अनन्तता, अमितता, अपारता।

unbounteous a. अदानशील, संकुचितहृदय, कृपण, अनुदार।

unbrace v.t. शिथिल करना, आराम पहुँचाना, तनाव दूर करना, ढीला करना (शिराओं या नसोंके सम्बन्धमें); तस्मे खोलना, पेटी खोल देना।

unbred a. अपोषित; अशिष्ट, असभ्य, अकुलीन।

unbridle v. t. घोड़ेकी लगाम उतारना या हटाना; (ला० व्यक्तिकी जबान) खोल देना, बेलगाम कर देना।

unbridled a. उद्दाम, बेलगाम; अनर्गल, निरंकुश, उच्छृंखल, असंयत (~ *tongue*); कामुक, व्यसनी, लम्पट।

unbroken a. क्रमबद्ध, अबाधित, निर्विघ्न, अखण्ड, अखण्डित, अपराजित, अभग्न, अटूट, पूरा (~ *sleep*); अलंघ्य (~ *record*); बे फेरा हुआ (~ *horse*)।

unbrokenness n. क्रमबद्धता, अबाधता, अखण्डता।

unbuckle v.t. बक्सुआ खोलना (तस्मे या पेटी, जूते आदिका), ढीला करना।

unburden v.t. (स्वयंको अथवा अन्तःकरण इत्यादिको)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

upshot n. निष्कर्ष, उपसंहार, संक्षिप्त निष्पत्ति, परिणाम, फल, अन्त, पर्यवसान, समाप्ति, अन्तिम परिणाम, नतीजा, लुबलुबाव।

upside-down a. & adv. अधोमुख, गड्डमड्ड अवस्थामें, तलेऊपर, औंधी या उल्टी स्थितिमें (*everything was turned ~*)।

upsides adv. (बोल०) *get ~ with* नीचा दिखाना, बदला लेना, हारते-हारते जीत जाना।

upsilon n. यूनानी भाषाका u वर्ण।

upstage a. (बोल०) स्वभाव या व्यवहारका रूखा।

upstairs adv., **upstair(s)** a. ऊपर, ऊपरकी मंजिलको, ऊपरकी मंजिलका।

upstanding a. (मजदूरी) निर्धारित, निश्चित, अपरिवर्तनीय, एक रूपमें स्थिर; सुस्थापित, स्थिरकृत, सीधा खड़ा।

upstart n. & a. अनभिजात, छिछोरा; सहसोन्नत, नया रईस, नया नबाब, दीनावस्थासे सहसा उन्नतावस्थाको प्राप्त व्यक्ति (प्रायः गुण०)।

upstream adv. **up-stream** a. प्रतिस्रोत, प्रवाहके विरुद्ध (जालनेवाला या चलाया हुआ) (रास्ता, नाव आदि)।

upstroke n. उदाघात; उद्रेखा, लिखावटमें ऊपरको उठी हुई लकीर या मात्रा।

uptake n. उद्ग्रहण; (मूलतः स्कॉच) धारणा, समझ (*quick in the ~*); उत्थान, उद्धार; उबार।

upthrow n. उत्क्षेप, उत्पाद, ऊर्ध्वगत निक्षेप, उभार, उठान, भग्न भूस्तरकी एक तरफकी चट्टानका स्थान-भ्रंश या फिसलाव, ऊपर फेंकना या फेंका जाना; उपद्रव, उथल-पुथल, उलटपलट।

upthrust n. (भूगर्भ०) उत्सरण, उत्क्षेप।

upto prep. पर्यन्त, तक; ~-*date* अद्यावधिक, अद्यतन, समीचीन, आजतकका; आधुनिकतम (~ *edition*)।

upturn v.t. जमीनको (हल चलानेमें) खोद डालना, जोतना, हलसे पलटना, नीचे-ऊपर करना।

upward १. a. ऊर्ध्वाभिमुखी, ऊर्ध्व, उन्मुख, ऊर्ध्वमुख, उच्चतर स्थानकी ओर, ऊपरका (शा० एवं ला०) (~ *glance, limit*); २. adv. उच्चतर स्थानकी ओर, ऊपरकी ओर, ऊंचे, जैसे *look ~(s)*; ~ trend ऊर्ध्व-प्रवृत्ति, ऊर्ध्वगति।

uranalysis n. मूत्रविश्लेषण, मूत्रनिदान।

uraniscolalia n. भग्नतालुवाग्विकार।

uranitic a. यूरेनियम-विषयक, किरणिक।

uranium n. किरणधातु, राल आदिमें प्राप्त होनेवाला एक प्रकारका तेजोद्गार या रेडियो-ऐक्टिव धवलधात्वीय तत्त्व, यूरेनियम;

~ glass, ~ lead, ~ nitrate, ~ rays, ~ red, ~ yellow.

uranographic, -al aa. गगनशास्त्रीय, नभशास्त्र-विषयक।

uranography n. गगनशास्त्र, नभशास्त्र।

uranology n. ज्योतिष, ज्योतिःशास्त्र, खगोल।

uranometry n. ज्योतिषमिति, वर्णनात्मक ज्यौतिष।

uranous a. किरण्य, यूरेनियमवाला।

Uranus n. हर्शेल (Herschel) द्वारा अधीत ग्रह-विशेष; (यूनानी पुराण०) मंगल, धरती (ge) का पुत्र।

urban a. पौर, नगर-सम्बन्धी, नागर, नागरिक, नगरीय, नगर-, शहरी, नगर या कसबेमें स्थित या उसमें रहनेवाला;

~ area, ~ districts, ~ economics, ~ loans, ~ population, ~ road, ~ sanitation, ~ site, ~ unit.

urbane a. शिष्ट, सभ्य, शीलवान्, सुशील, विनीत, नम्र, सुसंस्कृत।

urbanity n. सौजन्य, शिष्टता, शिष्टाचार, सुशीलता, भद्रता, सभ्यता, सुसंस्कृत आचार-व्यवहार; (प्रा०) सभ्यतापूर्ण एवं शालीन हास्य; नागरिक वृत्ति, नागरिक जीवन।

urbanization n. नागरीकरण, शहरी बनाने या शहरका-सा रंग पैदा कर देनेका भाव।

urbanize v.t. नगरीय या शहरी बनाना; (गाँवसे) शहर बनाना या बनाया जाना।

urceolate a. घटाकार, घड़े या कुप्पे जैसा।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

urchin n. यक्ष, भूत, परी (प्रायः *sea* ~); बच्चा; लड़का; शरारती लड़का; जंगली चूहा।

Urdu n. तुर्की छावनी; उर्दू भाषा।

urea n. मिह, मूत्रीय, विलेय, एक घुलनशील रंगहीन स्फटमय संयोग या मिश्रण; ~-meter मिहमापी।

uremia n. मूत्ररक्तता।

ureometry n. मिहमिति।

ureter n. मूत्रमार्ग, मूत्रनली।

urethra n. मूत्रप्रसेकनलिका, मूत्रनली, मूत्रमार्ग, मूत्रद्वार।

urethral a. मूत्रप्रसेकनलिकीय, मूत्रमार्गीय; ~ erotism मूत्रेन्द्रिय रति।

urethritis n. मूत्र-मार्ग-प्रदाह, मूत्रनलीकोप, मूत्रद्वारशोथ।

urethrocele n. मूत्र-मार्ग-शोथ।

urethrotomy n. मूत्र-मार्ग-शल्यक्रिया।

uretic a. मूत्रीय, मूत्रिक, पेशाबी।

urge १.n. प्रेरणा, उत्तेजना, उत्तोदना, उत्साह, उत्कण्ठा, व्यग्रता, उत्सुकता, लालसा, लगन, शौक; २. v.t. (व्यक्ति इत्यादिसे) आग्रह करना, पीछे पड़ना, तंग करना (किसी बातके लिए); उत्साहित करना, उत्तेजित करना, उकसाना, भड़काना; दृढ़ रहना, अटल रहना, जोरके साथ पेश करना, जोर देना (*in vain you ~ his youth*); बलपूर्वक चलाना, सप्रयास आगे करना, आगे बढ़ाना, जोरसे चलाना, दौड़ाना, हाँकना, ढकेलना, रेलना (*~d his horse forward*); दृढ़तापूर्वक या व्यग्रतापूर्वक अनुरोध या प्रार्थना करना, विवश करना, मजबूर करना, लाचार करना, दबाव डालना, बहुत जोर देना (*~ him to action, to take steps*); (किसी कार्य आदिका) जोर देकर समर्थन करना, (उसकी) वकालत करना।

urgency n. अतिपात, अपरिहार्यता, अविलम्ब्यता, गुरुता, अत्यावश्यकता, जरूरत, तंगी, तकाजा; आग्रह, अनुरोध; (संसद) प्राथमिकताकी घोषणा।

urgent a. अतिपाती, अपरिहार्य, अनिवार्य, अविलम्बनीय, अविलम्ब्य, गुरु, अत्यावश्यक, जरूरी (*am in ~ need*); आग्रही, अपनी माँग पूरी करनेके लिए व्यग्र एवं दृढ, मिन्नती, मिन्नत करनेवाला, लगातार माँगनेवाला (*was ~ with me for* or *to disclose, further particulars*)।

urger n. प्रेरयिता, उत्तेजक व्यक्ति, उत्साहित करनेवाला व्यक्ति; अनुनेता, प्रार्थी।

urial n. उरण, वन्य मेष, जंगली भेड़।

uric a. मिहिक, मूत्रिक, मूत्रीय, मूत्र-सम्बन्धी, पेशाबका; ~ acid मूत्राम्ल, मिहिक अम्ल।

urim n. ~ and thummim बड़े पादरीके वक्षस्त्राणसे आबद्ध दो अज्ञात वस्तुएँ (जिनका उपयोग परम्परासे दैवी-निर्णयके लिए होता है)।

urinal n. मूत्रणी, मूत्रागार, मूत्रस्थान, मूत्रालय, मूत्रकक्ष, पेशाबघर; मूत्रपात्र, मूत्रकुण्ड, पेशाबदान; पेशाबकी शीशी।

urinary १. n. मूत्रस्थान, मूत्रागार; (सेना०) मूत्रालय-श्रेणी, पेशाबखाने; २. a. मूत्रीय, मूत्र-, मिह-, मूत्र-सम्बन्धी (*~ organs, passage*); ~ bladder मूत्राशय।

urinate v. i. मूत्र विसर्जित करना, लघुशंका करना, मूतना, पेशाब करना।

urination n. मूत्रण, मूत्र-विसर्जन, पेशाब करना।

urinative a. = URETIC.

urine n. मेह, प्रस्राव, मूत्र, मूत, पेशाब; ~ absorbent, ~ absorption, ~ deposit, ~ hydrometer, ~-pot, ~ testing apparatus, ~ vessel.

uriniferous a. मूत्रकारक, मूत्रवाही, मूत्रभर, मूत्र प्रेषित करनेवाला, मूत्र ले जानेवाला।

uriniparous a. मूत्रजनक, मूत्र उत्पन्न करनेवाला।

urinology n. मूत्रशास्त्र, मूत्रविज्ञान, मूत्रविद्या, मूत्रका अध्ययन, मूत्रवर्णन।

urinometer n. मूत्रगुरुत्वमापी, मूत्रमापी, मूत्र-परीक्षण-यन्त्र।

urinometric a. मूत्रमापी, मूत्र-परीक्षण-यन्त्रका।

urinometry n. मूत्रमिति, मूत्र-परीक्षण।

urinoscopic a. मूत्रनिरीक्षकीय।

urinoscopy n. मूत्र-निरीक्षण, मूत्रकी परीक्षा।

urinous a. मूत्रीय, मूत्रवत्, मूत्रसदृश, पेशावकी तरह-का, पेशाव-सा।

urn १. n. अस्थि-कलश, अस्थिपात्र, अस्थि-अवशेष-पात्र; जलपात्र, मर्तबानकी आकृतिका गोड़ादार तथा गोल आकारका एक डब्बा, अर्न; मतपेटी; (ला०) शवस्मृति-पात्र (जिसमें शव या मृत व्यक्तिका कोई स्मृति-चिह्न रखा जाय, जैसे समाधि या कब्र); बड़ा चायदान; २. v.t. अस्थिपात्रमें रखना या बन्द करना; ~-flower घट-कुसुम, घट-पुष्प, गुलकूजा, घुण्डीकी आकृतिका एक पौधा।

urnful n. पात्रभर, कलशभर।

urocoele n. मूत्रगुहा।

urogenital a. मूत्रजनन-सम्बन्धी (*~ system*)।

Ursa n. सप्तर्षि, हल (*Major, Minor ~*)।

ursiform a. शूकराकृति, शूकराकार, सुअर-जैसा।

ursine a. ऋक्ष-सम्बन्धी, रीछका या भालूकी तरहका।

urticaria n. पित्ती।

urticate a. चुभनेवाला।

urubu n. अमरीकी चील।

us pron. हमलोग, हम, हमको, हमें, अपने आपको, हम लोगोंको (*let's get ~ from the walls*)।

usable a. प्रयोज्य, उपयोज्य, उपभोग-योग्य, उपयोगी, व्यवहार-योग्य, काम लेने लायक।

usage n. प्रथा, धारा, परम्परागत प्रयोग या व्यवहार, परिपाटी, आचार, रीति-रवाज, रस्म, दस्तूर, चलन (*sanctified by ~*); प्रयोग, व्यवहार, रीति, ढंग, बर्ताव, इस्तेमाल (*met with harsh ~*)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

usance n. USE[1]; USURY; (वाणि०) विपत्रावधि, (विदेशी हुण्डियोंकी चुकौतीके लिए स्वीकृत) अवधि, मियाद, मुद्दत (*the ~ on Indian bills is 4 months*)।

use[1]* n. रूढ़ि, प्रथा, रीति*, चाल, आदत (*long ~ has reconciled me to it*); नियोजन, उपभोग, प्रयोग*, उपयोग*, सेवन, व्यवहार, बर्ताव, इस्तेमाल (*put it to a good ~*); उद्देश्य, प्रयोजन, अर्थ, उपयोगिता, लाभ, फायदा, मतलब, काम (*a blunt knife is of ~ for this work*); सम्पत्ति-उपभोग; प्रयोगाधिकार, उपभोगाधिकार, व्यवहाराधिकार, इस्तेमाल करनेकी सामर्थ्य, इस्तेमाल करनेका हक (*stipulated for the ~ of the piano*); (किसी गिर्जे या बड़े पादरीके अधीनस्थ जिले इत्यादिमें) प्रचलित कर्मकाण्ड एवं उपासना-पद्धति, धार्मिक रीति (*Roman ~*); *~ for* ⊙ में विश्वास।

use[2] v.t. & i. उपयोग करना, प्रयोगमें लाना, व्यवहारमें लाना, किसी प्रयोजनमें लाना, (भौतिक रूपमें) उपभोग करना या भोगना, कार्यरूपमें परिणत करना, लाभ उठाना, काममें लाना, बरतना, काम लेना, चलाना, फायदा उठाना, इस्तेमाल करना, खर्च करना या होना (*seldom ~ a knife,money*); अभ्यस्त होना, आदत डालना, आदी होना (*I ~d to take the bus, money*); विशिष्ट रीतिसे बर्ताव करना, बरतना, पेश आना (*has ~d me like a dog*); *~ up* प्रयोगमें लाना, काममें लाते-लाते घिसा देना, पुराना कर देना, खपा देना, (कोई वस्तु, सारी-की-सारी) खर्च कर डालना।

useable a. = USABLE.

useage n. = USAGE.

used a. अभ्यस्त, आदी (*am not ~ to this sort of thing*); व्यवहृत, प्रयुक्त, उपयोगमें लायागया, बरता हुआ (*~ bags, stamps*)।

useful a. उपयुक्त, प्रयोजनीय, उपयोगी, लाभदायक, फलदायक, लाभप्रद, लाभकारी, हितकर, कामका, मतलबका, फायदेवाला (*gave me some ~ hints, ~ book*); (ग्रा०) अत्युत्तम, अति उपयुक्त, सुष्ठु, दक्ष, कौशलपूर्ण, बहुत बढ़िया (*a pretty ~ performance*)।

usefulness n. उपयोग, उपयुक्तता, उपयोगिता, लाभप्रदता, उपकारिता, लाभदायकता, फायदा।

useless a. (ग्रा०) निकम्मा, सुस्त (*am feeling ~*); निष्प्रयोजन, निरर्थक, निरुपयोगी, अनुपयोगी, अप्रयोजक, व्यर्थ, लाभरहित, विफल, निष्फल, अकारथ, बेकाम, बेकार, बेमतलब (*contents were rendered ~ by damp*); हीन, तुच्छ, घटिया (*is getting ~*)।

uselessness n. निरुपयोगता, अनुपयोगिता, निरर्थकता, लाभहीनता, अनुपयोग, निरुपयोग, व्यर्थता, उपयोगाभाव, निकम्मापन; हीनता, तुच्छता।

user n. (कानून) उपयोग, अधिकारभोग; उपभोक्ता, व्यवहारी, उपयोगकर्त्ता, प्रयोगकर्त्ता, प्रयोक्ता, व्यवहार करनेवाला, बरतनेवाला, इस्तेमाल करनेवाला; (कानून) किसी अधिकार आदिका भागी, उपभोक्ता; right of ~ लगातार उपयोग द्वारा सिद्ध सहज अधिकार; उपभोगाधिकार, उपयोगाधिकार।

usher १. n. प्रवेशक, प्रवेष्टा, आसनदाता, किसी न्यायालय या सभामें लोगोंको बैठानेका कार्य करनेवाला पदाधिकारी या भृत्य; २. v.t. प्रवेष्टाके रूपमें (किसी व्यक्तिके) आगे-आगे चलना, प्रवेश कराना, (सार्वजनिक स्थानोंपर आगन्तुकोंको उनका निश्चित) आसन दिखाना, अगवानी करना, द्वारपाल या दरबानके रूपमें कार्य करना (*was at length ~ed (in)to his presence*)।

usherette n. आसनदात्री, प्रवेशिका।

ushership n. (टाउनहाल आदिमें) प्रवेष्टा या स्वागेत-कर्त्ताका कार्य या पद, अगवानी करनेवालेका कार्य या पद, (न्यायालय इत्यादिके) द्वारपालका पद।

usquebaugh n. आयर्लैण्डका एक प्रकारका स्फूर्तिदायक पेय; एक प्रकारकी हलकी मदिरा, ह्विस्की।

ustion n. ज्वलन, प्रज्वलन, दहन।

ustulate a. कृष्णायित, ज्वलित, जला हुआ-सा, दग्ध।

ustulation n. ज्वलन, प्रज्वलन, जलना-जलाना।

usual a. प्रायिक, यथापद्धति, व्यावहारिक, यथास्वभाव, सामान्य, साधारण, प्रचलित, रीतिगत, यथारीति, नित्यका, मामूली, रिवाजी, आम (*asked the ~ questions*)।

usually adv. सामान्यतः, साधारणतः, प्रायः, बहुधा; यथापद्धति, यथारीति, आम तौरपर।

usualness n. प्रायिकता, रीतिसम्मतता, प्रचलितता, सामान्यता, साधारणता।

usucapion, -caption nn. (रोमन कानून) दीर्घाधिकार, दीर्घकालीन सम्पत्ति-अधिकार।

usufruct १. n. फलोपभोग; फलोपभोग-अधिकार, भोगाधिकार, दूसरेकी सम्पत्तिके उपयोग एवं सुविधाएँ, सम्पत्तिको बिना किसी प्रकारकी हानि पहुँचाये भोगनेका अधिकार; २. v.t. फलोपभोग करना।

usufructuary n. & a. उपभोक्ता, भोगाधिकारी, फलोपभोग-अधिकार रखनेवाला (अथवा तत्सम्बन्धी); *~ mortgage* भोगाधि, भोग-बन्धक।

usurer n. कुसीदक, वृद्धयाजीव, सूदखोर, बहुत भारी ब्याजपर धन देनेवाला।

usurious a. कौसीद, सूदखोर, ब्याजखोर।

usuriousness a. कुसीद, सूदखोरी, ब्याजखोरी।

usurp v.t. & i. (क्व०) दूसरोंकी भूमिपर अनुचित रूपसे अधिकार जमाना या अनधिकार प्रवेश करना, बलपूर्वक दखल करना; (सिंहासन, पद, शक्ति, सम्पत्ति इत्यादिपर) अनुचित रीतिसे अधिकार कर लेना, दबा बैठना या हथिया लेना, छीन लेना, हड़पना।

usurpation n. बलाद्ग्रहण, बलापहार, अपहरण, अधिकारापहार, अनुचित हस्तगतकरण, अन्यायपूर्वक अधिकार-स्थापना, हड़पना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

usurper n. बलाद्ग्राही, अधिकारापहारी, अधिकार-हरण-कर्त्ता, अनुचित अधिकार-करनेवाला, अन्यायपूर्वक हस्तगत करनेवाला, छीन लेनेवाला, हड़पनेवाला।

usurping a. अधिकारापहारी, अधिकारहारी, स्थान-छीननेवाला, जगहसे उतारनेवाला।

usury n. कुसीद, वृद्धिजीविका, अत्यधिक ऋणदान, सूदखोरी, ब्याजखोरी; बहुत भारी सूद; (अब प्रायः ला०) लाभ, ब्याज (*the service was repaid with ~*)।

ut n. किसी सरगमका वादी सुर।

utensil n. उपकरण, यन्त्र, सामान; पात्र, बासन, भाजन, बर्तन (*kitchen, cooking, ~s*)।

uterine a. सोदर, सहोदर, कई पिताओं किन्तु एक ही मातासे उत्पन्न, सगी माँ मगर सौतेले बापकी औलाद (*his ~ brother*); गर्भ-, गर्भकोश-सम्बन्धी, गर्भाशय-सम्बन्धी (*~ artery, pain*); *~ life* गर्भस्थ जीवन।

uteritis गर्भाशय-शोथ, गर्भाशय-प्रदाह।

uterogestation n. गर्भविकास, गर्भवृद्धि,।

uterogram n. (चिकि०) गर्भचित्र।

uterography n. गर्भाशय-चित्रण।

uterology n. गर्भाशय-विज्ञान।

uterus n. (pl. *uteri*) योनि, गर्भकोश, गर्भाशय, गर्भ. धरन, बच्चेदानी।

utilitarian n. & a. उपयोगितावादी (व्यक्ति); उपयोगिता-सम्बन्धी (वस्तु इत्यादि); स्वार्थवादी।

utilitarianism n. उपयोगितावाद, स्वार्थवाद।

utilitarianize v.t. उपयोगितापूर्ण बनाना, कामका बनाना; उपयोग करना।

utility n. उपयोगिता, उपकारिता, उपयोग, लाभप्रदता, लाभ, काम, फायदा; उपयोगी वस्तु; (रंगमंच, *~-man* भी) अभिनेता, नाटकके बहुत छोटे-छोटे अभिनय या पार्ट करनेवाला; (गुण०)अत्यधिक प्रायोगिक, अत्यधिक व्यावहारिक, कारगर, उपयोगितार्थ बनाया हुआ, उपयोगिताके लिए सेवा करनेवाला, काम देनेवाला (*~ goods, service*)।

utilizable a. उपयोज्य, उपयोगार्ह।

utilization n. उपयोजन, उपयोग, उपयोगिता, उपयोग करनेका भाव या क्रिया, काममें लानेका भाव या स्थिति, इस्तेमाल (*~ value*)।

utilize v.t. उपयोगमें लाना, उपयोग करना, सद्व्यवहार करना, लाभ उठाना, काममें लाना।

utmost १. a. अतिशय, अतिमात्र, अधिकतम, अत्यन्त, परम, अति, बेहद, निहायत, परले सिरेका (*showed the ~ reluctance*); चरम, अत्यधिक, सबसे बढ़कर (*the ~ limits*); २. n. पराकाष्ठा-प्रयत्न, चरम प्रयत्न, अपनी कोशिश; सर्वस्व, सब कुछ; चरम कृत्य (*he did his ~ to save him*)।

Utopia n. रामराज्य, आदर्शलोक, सुखराज्य, काल्पनिक स्वर्ग, स्वप्नलोक, आदर्श सुख-शान्तिका स्थान या स्थिति; काल्पनिक आदर्श; एक काल्पनिक द्वीप (जहाँकी सामाजिक एवं राजनीतिक व्यवस्था अपने-आपमें सम्पूर्ण है), यूटोपिया।

Utopian, u- n. & a. रामराज्य या यूटोपियाका (निवासी); काल्पनिक, अव्यवहार्य, अवास्तव; आदर्शदर्शी, मात्रविचारक, उत्साही किन्तु अव्यावहारिक सुधारक इत्यादि, बड़ी-बड़ी कल्पनाओं और योजनाओं आदिका विचारमात्र करनेवाला, अव्यवहारी, स्वप्नदर्शी सुधारक, शेखचिल्ली।

utopianism n. अव्यावहारिक सुधार; कल्पनामात्र; स्वप्नदर्शिता; रामराज्यवाद।

utricle n. क्षुद्र स्यून, शरीरके भीतरकी छोटी थैली; योनिका, तुम्बिका, पशु या पौधेका सूक्ष्म कोष।

utricular a. क्षुद्रस्यून-, थैली-जैसा; योनिकीय, तुम्बिकीय, कोशिकाका।

utter[1] v.t. उच्चरित या लिखित शब्दोंमें व्यक्त करना (भावनाएँ, झूठ, सच इत्यादि), कथन करना, बयान करना, लिखना, कहना; उच्चारण करना, प्रकाश करना, प्रकट करना, बोलना, मुँहसे निकालना (चीख मारना, आह भरना, इत्यादि); (नोट, मुद्रादि) चलाना, जारी करना।

utter[2] a. समस्त, सम्पूर्ण, अत्यधिक, अत्यन्त, चरम, परम, पूर्ण, सारा, समूचा, कुल, पूरा, निपट, बिल्कुल, निरा (*~ destruction, misery*); *~ barrister* छोटा बैरिस्टर, दूसरे दर्जेका बैरिस्टर।

utterability n. उच्चार्यता, उच्चारणीयता, बयान किये जानेकी अवस्था; प्रकाश्यता, प्रकाशनीयता।

utterable a. उच्चार्य, उच्चारणीय, बयान करने योग्य; प्रकाश्य, प्रकाशनीय।

utterance[1] n. उद्गार, उक्ति, उच्चारित शब्द, अभिव्यक्त शब्द, बोल (*his pulpit ~s*); उच्चारण, वाक्यकथन, प्रकाश, शब्दोंमें अभिव्यक्तीकरण (*gave ~ to his rage*); वाक्शक्ति, बोली (*defective ~*)।

utterance[2] n. (शा०) *fight etc. to the ~* आखिर दम तक लड़ना।

utterer n. उच्चारक, बोलनेवाला, बयान करनेवाला।

utterly adv. सम्पूर्णतः, सर्वथा, निपट, सरासर, निरा, बिलकुल।

uttermost a. चूड़ान्त, अति, परम, अत्यन्त, बेहद।

utterness n. सम्पूर्णता, उत्कृष्टता, अतीवता, निपटपन, निरापन।

uvula n. (pl. *-e*) गलशुण्डिका, शुण्डिका, अलिजिह्वा, कण्ठमणि, प्रतिजिह्वा, उपजिह्वा, तालुजिह्वा, पड़जीभ, काकल, कौवा, टेंटुआ ललरी, कोमल तालुका लटकता हुआ मांसल भाग; पश्चिम सीमान्त पिण्डिका, वस्ति-काकलक, इसी प्रकारका मूत्राशय तथा अनुमस्तिष्क या पश्चाद्वर्ती मस्तिष्कमेंका लटकता हुआ मांसल भाग, लटकन।

uvular a. गलशुण्डिकीय, अलिजिह्व, प्रतिजिह्व, अलिजिह्वा-सम्बन्धी, तालु-जिह्व, काकलीय, टेंटुएका; धम्मिल्लक उपजिह्व।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

uxorial a. भार्या-सम्बन्धी, स्त्रीका ।

uxoricide n. पत्नीवध, पत्नीघात; पत्नीघाती, अपनी स्त्रीका हत्यारा ।

uxorious a. स्त्रैण, स्त्रीपरायण, स्त्रियासक्त, भार्यासक्त, स्त्रीलम्पट, भार्यालम्पट, स्त्रीवश्य, जोरू-भक्त, लुगाई-भक्त, लुगाई-सेवक. लुगाईका चेरा, जोरूका गुलाम, बीबीका गुलाम, अपनी स्त्रीको बेहद चाहनेवाला ।

uxoriousness n. स्त्रियासक्ति, भार्यासक्ति, स्त्रीलम्पटता, भार्यालम्पटता, स्त्रीवश्यता, जोरूभक्ति, लुगाईका प्यार, जोरूकी गुलामी ।

V

V (pl. *vs, v's, vies*) अंग्रेजी, वर्णमालाका २२वाँ अक्षर, व; Vके आकारकी कोई वस्तु; विजय-चिह्न (V = VICTORY); V-shaped चिमटेके आकारका ।

va v.i. (संगीत) चले चलो ।

vacancy n. शून्य, शून्यता, रिक्तता, खालीपन; रिक्ति, रिक्त स्थान, शून्य पद, खाली जगह (*has a ~ on his staff*); कर्महीनता, अनवधानता, विचारशून्यता, बेख्याली, दिमागी खालीपन; अवकाश, छुट्टी, फुरसत; व्यवधान ।

vacant a. शून्य, रिक्त, खाली, छूछा (*~ house*); अनधिकृत; अस्वामिक, निरध्यर्थित, उत्तराधिकारी विहीन, लावारिस; अव्यापृत, कर्मविहीन, बेकार, बेकाम, ठाली (*~ hours*); अवकाशयुक्त; निश्चिन्त, चिन्ताविहीन; शून्यमना, उदास (*~ stare*); अनवधान, असावधान ।

vacate v.t. शून्य करना, रिक्त कर देना, खाली कर देना, खाली करके चले जाना; आधिपत्य छोड़ना, अधिकार छोड़ना, स्वामित्व छोड़ना, सत्ता छोड़ना; विलुप्त करना, बेकार करना, रद्द कर देना; खण्डन करना ।

vacated a. रिक्त, रिक्त किया गया, खाली किया हुआ ।

vacation n. त्याग, परित्याग; दीर्घावकाश (*summer ~*); अनध्याय, अनध्ययन, विश्रामकाल, विरामकाल, विराम, निवृत्ति; अवकाश, छुट्टी, तातील ⊙; रिक्तता, रिक्तीकरण, रिक्ति, खाली करनेका कार्य ।

vacational a. त्याग-विषयक, परित्याग-सम्बन्धी; अवकाशीय, दीर्घावकाश-विषयक, ग्रीष्मावकाश-सम्बन्धी, अनध्याय-सम्बन्धी; विश्रामकालीन, विराम-विषयक, निवृत्ति-सम्बन्धी ।

vacationist ⊙ n. छुट्टियाँ मनानेवाला ।

vaccary n. गोशाला ।

vaccinable a. मसूर्य, टीका लगाने योग्य ।

vaccinal a. (चिकि०) मसूरीय (जैसे, *~ rash*) ।

vaccinate v.t. मसूरण करना, चेचकका टीका लगाना, गोबीजका टीका भरना, गोदना गोदना; पाछना, नश्तर लगाना ।

vaccinated a. मसूरित, टीका लगा हुआ ।

vaccination n. मसूरण, टोका, पाछ, गोदना;
~ area, ~.centre, ~ circle, ~ clerk, ~ department, ~ district, ~ general register, ~ mark, ~ period, ~ register, ~ season, ~ week, ~ work.

vaccinationist n. मसूरणवादी, टीकेका समर्थक; चेचकका जबरदस्ती टीका लगानेका हामी ।

vaccinator n. मसूरक, टीकादार, टीका लगानेवाला व्यक्ति, गोदनिया ।

vaccine[1] n. मसूरीलस, वैक्सीन (*bovine, human, ~*); (टीकामें व्यवहृत) गव्य, गोस्तनशीतला-रस, चेचकका रस, चेप); (किसी अन्य रोगका) रस, लासा; ~-farm वैक्सीन बनानेका कार्यालय; ~-point टीका करनेका शस्त्र ।

vaccinia n. (चिकि०) गोमसूरिका, गोशीतला, गोबीज-चेचक (टीका लगानेके बाद पैदा होनेवाला चेचक) ।

vaccinic a. मसूरीलस-सम्बन्धी, गोबीजीय, गोस्तनशीतलाके चेपका, वैक्सीनका ।

vaccinization n. अप्रभावी मसूरण, प्रभावहीन टीका, बार-बारका गोदना ।

vacillancy n. = VACILLATION.

vacillant a. चंचल, दोलायमान, भ्रामी, अस्थिर ।

vacillate v. i. दोलित होना, दोलायमान होना, चंचल होना, अस्थिर होना, हिलना, डोलना, डगमगाना, लहराना; आगे-पीछे होना; विचलित होना, अस्थिरमति होना, हिचकिचाना, डाँवाडोल होना, झूलना, दुलमुल करना, द्विविधामें पड़ना, भँवरमें पड़ना, गुन-धुनमें पड़ना, तीन-पाँच करना ।

vacillation n. आदोलन, दोलायमानता, चांचल्य, चंचलता, अस्थिरता, डगमगाहट; अनिश्चयात्मकता, दुलमुलपना, द्विविधा, हिचक, बेचैनी ।

vacillatory a. चंचल, दोलायमान, अस्थिर ।

vacuity n. दे० VACUOUSNESS.

vacuolar, vacuolate aa. रसधानी-कोषान्तरीय, रिक्तकीय, खोलवाला; छिद्रिल, खोखला ।

vacuolated a. रसधानीयुक्त, रिक्तकमय, कोटरमय, छिद्रिल ।

vacuolation n. रसधानी-निर्माण, रिक्तक-रचना, जीवकोषान्तरीय-रचना, कोट-निर्माण, छिद्र-रचना ।

vacuole n. रसधानी, रिक्तक, जीवकोषान्तर, कोटर, छिद्र, शून्यस्थान; तन्तु रन्ध्र, खोल ।

vacuous a. नीरव, निर्जन, शून्य, शून्यकित; रिक्त, छूँछा, खोखला, खाली; अन्यमनस्क, विमन, उदास (*~ stare*); निःसत्त्व, सत्त्वहीन, निःसार, असार, वृथा, व्यर्थ, निरर्थक, बेकार; अप्रमाणार्थक; अज्ञान, मूर्ख, बुद्धिहीन, अकुशल, खोखले दिमागका, बुद्धू ।

vacuousness, vacuity nn. शून्य, शून्यता,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

शून्यगर्भता, शून्य स्थान, नीरवता, निर्जनता, रिक्ति, रिक्तता, खोखलापन, खालीपनः मन्दता, अज्ञानता, मूर्खता; नीरसता, रसहीनता; असारता, निःसारता, सत्त्वहीनता; व्यर्थता, वृथापन, अप्रामाणिकता।

vacuum n. (pl. *-s, -a*) शून्यक, निर्वायु, निर्वातता, शून्यता, रिक्ति, खोखलापन (*nature abhors a ~*); नीरवता, निर्जनता; आकाश, शून्य स्थान; निर्वात पात्र; वायुपम्प; ~ brake (रेलमें) वायुचालित चक्ररोधक यन्त्र, वैक्यूम प्रेष; ~ cleaner वैक्यूम मार्जनी, गर्दको चूसकर साफ करनेका यन्त्र, धूल साफ करनेका पम्प; ~ flask वायुशून्य बोतल, शून्यक बोतल; ~-gauge निर्वातप्रमापक, शून्यप्रमापी, रिक्तिमापक यन्त्र; ~-tube निर्वात नलिका, शून्य नलिका;

~ bench, ~ desiccator, ~ distillation flask, ~ filter, ~ filter tube, ~-pan, ~ photoelectric cell, ~ pump, ~ refining, ~ tubing, ~ valve.

vade-mecum n. सहचर पुस्तिका, नोटबुक, डायरी।

vagabond[1] n. & a. परिभ्रमी, यायावर, इत्वर, आवासहीन, वासहीन, आश्रयहीन, निराश्रित, बेघर, घुमन्ता, स्वेच्छाचारी, मनमौजी, सैलानी; (बोल०) अपहिण्डक, लुच्चा, लबरा, लफंगा, गुण्डा, बदमाश, आवारा, आवारगर्द।

vagabond[2] v. i. (अब बोल०) परिभ्रमण करना, घूमना, भटकना, मारे-मारे फिरना, खानाबदोशी करना; लुच्चई करना, आवारागर्दी करना, गुण्डागिरी करना, बदमाशी करना।

vagabondage n. इत्वरण, इत्वरता, यथेच्छाचारिता, स्वेच्छाचारिता, खानाबदोशी, लुच्चई, लुच्चापन, गुण्डागिरी, बदमाशी।

vagabondish a. आवारागर्द, आवारा-मिजाज; आवाराकी तरह, खानाबदोशोंका सा।

vagabondism n. स्वेच्छाचारिता, यथेच्छाचारिता, दुष्टता, लुच्चई, लुच्चापन, आवारगी, आवारागर्दी, बदमाशी।

vagabondize v. i. आश्रयहीन होकर फिरना, घूमते रहना, भटकना, मारे-मारे फिरना, आवारा फिरना।

vagarious a. विभ्रान्त, बुद्धिचपल, उच्छृंखल, सनकी, तरंगी, मौजी, खब्ती, वहमी।

vagary n. विभ्रम, भ्रम, बुद्धिचापल्य, बुद्धिचांचल्य, उच्छृंखलता, सनक, तरंग, मौज, खब्त, वहम।

vagina n. (वन०) कंचुक, कोष, प्रावरणी, छदनकोश, झिल्ली; योनिमार्ग, अपत्यपथ, भग, योनि; संगमपथ, योनिनाली, (श० र० शा०) योनिद्वार, भगद्वार, रजद्वार, गर्भकी नली; आवरण, खोल।

vaginal a. योनि-, योनिक, योनि-सम्बन्धी, भगीय, योनिनलीय, योनिद्वार-विषयक, गर्भद्वार-सम्बन्धी, कंचुकीय, छदनकोशी;

~ bleeding, ~ discharge, ~ examination, ~ orifice, ~ pore, ~ secretion.

vaginate, -ed aa. आवृत, आवरणमय, प्रावरणीयुक्त, छदनकोशी; भगीय, योनि-सम्बन्धी।

vaginitis, vaginotomy nn. (वन०) कचुकी-कोप, योनिकोप, योनि-शोथ, भगद्वारकी सूजन; कोष-विकार।

vagitus n. शिशु-क्रन्दन, शिशु-रोदन, तत्काल पैदा हुए बच्चेका रोना।

vagrancy n. आहिण्डन, अवधूतता, इत्वरण, स्वेच्छाचारिता, आवारापन्थी, आवारागर्दी, कूचागर्दी, बहेंडुआपन; अनिश्चितता, ढुलमुलपना।

vagrant a. & n. आहिण्डक, इत्वर, अवधूत, परिभ्रमी, भ्रमणशील, स्वेच्छाचारी, घुमक्कड, आवारागर्द, कूचागर्द, सैलानी, खानाबदोश (*~ musician*)।

vagrantism n. =VAGRANCY.

vagrom a. (अप्र०) =VAGRANT.

vague a. सन्दिग्ध, अनिर्दिष्ट, अनिर्णीत, अनियत, अनिश्चित, अस्पष्ट, धूमिल, धुँधला, गोलमोल, बे ठिकानेका, डाँवाडोल (*has some ~ idea about this*)।

vagueness n. सन्देह, संशय, सन्दिग्धता, अस्पष्टता, अस्थिरता, अनिर्णय, अनिश्चय, धुँधलापन।

vail[1] n. (प्रा०, प्रायः बहुव० में प्रयुक्त) भृत्य-पुरस्कार, इनाम, बख्शीश; घूस।

vail[2] v.t & i. (प्रा० का०, टोपी, मुकुट, अभिमान आदिको) झुकाना, उतारना; आत्मसमर्पण करना, नत होना, लघुता स्वीकार करना, अपनी छुटाई मान लेना, हार मानना; लाभ उठाना, काम आना।

vain a. निरर्थक, निष्फल, निराधार, निर्मूल, वृथा, व्यर्थ, नगण्य, बेकार (*all resistance was ~*); शून्य, रीता, खाली; असार, निःसार, सारहीन, तत्त्वहीन, फजूल, बेमतलब (*~ boasts, distinctions*); गर्वी, दर्पी, दम्भी, दाम्भिक, अहंमन्य, अहंकारी, वृथा अभिमानी, टोम-टामका; *in ~* वृथा, व्यर्थ, निरर्थक, निष्फल, फजूल, बेफायदा (*we protested in ~*)।

vainglorious a. अहंकारी, अतिमानी, अति गर्वी, दर्पी, मानी, घमण्डी, शेखीबाज।

vaingloriousness n. मिथ्याभिमान, वृथाभिमान, निष्फल दर्प, मिथ्या गर्व, झूठी शेखी, झूठा घमण्ड, ढोंग, दिखावट।

vainglory n. अहंकार, अति गर्व, अभिमान, अति दम्भ, दर्प, मान, अहं, मिथ्याहंकार, घमण्ड, डींग, शेखी।

vainness n. अहम्मन्यता, अहंकारिता; असारत्व, निःसारता; निष्फलता, विफलता; रिक्तता, तुच्छता, नगण्यता, निरर्थकता, सारहीनता।

vair n. पोत, दोरंगी कढ़ाईका ऊनी कपड़ा।

Vaisya n. वैश्य।

vakeel, -il n. राजदूत, आयुक्तः वकील।

valance, valence nn. (पलँग या गिलाफ इत्यादिकी) झालर, बार्डर।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

१६११ Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

valanced a. पर्देदार; गिलाफ लगा हुआ; झालरदार।
vale[1] n. निम्नभूमि, उपत्यका, घाटी, दरी, दर्रा; नल, नाली।
vale[2] n. & int. स्वस्तिवाद, जयगणेश, विदा, शुभ विदाई।
valediction n. मंगलाचरण, स्वस्तिवाद, आशीर्वाद, जयगणेश, शुभ कामना; आमन्त्रण, आपृच्छा।
valedictorian n. (अमरीकी विश्वविद्यालय) स्वस्तिवाचक स्नातक, विदाईका भाषण देनेवाला ग्रेजुएट।
valedictory[1] n. ⊙ स्वस्तिवाचन, विदाके समयके वचन; समावर्तन भाषण, दीक्षान्त भाषण।
valedictory[2] a. आशीर्वादात्मक, स्वस्तिवाचनीय, विदा-सम्बन्धी, विदाके समयका।
valence[1] द्रे० VALANCE.
valence[2], **-cy** n. (रसा०) संयुजता, (अणुकी) योजक शक्ति, पूरकशक्ति; संयोजकता, योज्यता, वह्न्यांक, सन्धारणा, संयोग-शक्ति, परमाणु-ग्रहणशक्ति, मिश्रण-शक्ति; योजक शक्तिकी इकाई; रासायनिक तत्त्वकी मिश्रण करनेकी शक्ति; आण्विक शक्ति (*hydrogen has a ~ of one*)।
Valencia n. कर्पासोर्णावसन, मिलावटी कपड़ा, ऊन और कपासका कपड़ा, वैलेंशिया।
Valenciennes n. (एक जोड़वाला, फाँसीसी) गोटा, किनारी, फीता।
valent a. संयुज, योजक-शक्ति-युक्त, पूरक-शक्ति-युक्त।
Valentia n. = VALENCIA.
valentine n. प्रिय, प्रेमी, प्रिया प्रणयिनी, प्रेमिका, प्यारी; प्रणय-पत्रिका, प्रेमपत्र; St. V~'s day प्रेम-दिवस; १४ फरवरीका उत्सव।
valerate n. (विदारीकन्दका) लवण, क्षार।
valerian n. कुटिला, विदारीकन्द, बिल्लीलोटन, वैलेरियन।
valeric a. बिलाईकन्दके मूलका, वैलेरियनकी जड़का।
valet[1] n. पार्श्वचर, सेवक, भृत्य, अनुचर, चाकर, दास, नौकर, खिदमतगार, टहलुआ; खानसामा; ~ de chambre पार्श्वचर, पार्श्व भृत्य, स्वकीय नौकर, निजी सेवक; ~ de place दूत, पत्रवाहक, सन्देशवाहक, हरकारा।
valet[2] v.t. सेवा करना, चाकरी करना, टहल करना, खिदमत करना।
valetudinarian[1] n. व्याधि-पीडित व्यक्ति, व्याधि-ग्रस्त व्यक्ति, रोगी, राजरोगी, सदारोगी, पीड़ित व्यक्ति, बीमार आदमी, मरीज।
valetudinarian[2] a. रुग्ण, अस्वस्थ, दुर्बल, व्याधि-पीड़ित, व्याधिग्रस्त, सदारोगी, राजरोगी, बीमार, मरीज।
valetudinarianism n. रोगग्रस्तता, क्षीण स्वास्थ्य, दुर्बल स्वास्थ्य।
valetudinary a. & n. रुग्ण, अस्वस्थ (व्यक्ति), रोगी; अस्वास्थ्यकर।
Valhalla n. वीरलोक, सूर्यलोक, वैकुण्ठ, स्वर्ग (जहाँ शहीदोंकी आत्माएँ आनन्द एव उत्सव मनाती हैं)।
Vali n. (तुर्की विलायतका) राज्यपाल, गवर्नर, वली।
valiance n. साहसिकता, विक्रम, पराक्रम, निर्भयता, शूरता, वीरता, बहादुरी।
valiancy n. = VALIANCE.
valiant a. साहसिक, साहसी, विक्रान्त, विक्रमी, पराक्रमी, निर्भय, शूर, वीर, भट, योद्धा, बलशाली, शक्तिशाली, सूरमा, जवाँमर्द, बहादुर।
valid a. बलवत्, बलवान्, सबल, प्रबल, समर्थ; सत्य, साधु, सप्रमाण, सयुक्तिक, तर्कसिद्ध, अखण्ड्य, उपपन्न, औचित्यपूर्ण, मान्य, न्यायसंगत, युक्तिसंगत, अकाट्य, पुष्ट, सही, माकूल, पक्का, मजबूत (~ *reasons*); (कानून) विध्यनुकूल, वैध, न्याय्य, कानूनी (*the marriage was held to be* ~)।
validate v.t. वैध करना, मान्य करना, पुष्ट करना, न्यायसंगत करना, प्रमाणित करना, सुदृढ़ करना, दृढ़ करना, युक्तिसंगत करना, सही करना।
validating a. मान्यकारी (~ *act*)।
validation n. वैधीकरण, वैधता, विधि-अनुकूलता, सप्रमाणता, पुष्टीकरण, पुष्टि, साम्बल्य, प्राबल्य, प्रबलता, पुष्टता, सुदृढ़ता, युक्तिसंगति, न्यायसंगति, न्याय्ययुक्तता।
validity n. (कानून) मान्यता, विधि-अनुकूलता, वैधता, न्याय्यता, प्रबलता, सबलता, पुष्टता, प्रामाणिकता, सत्यता, साधुता, औचित्य; सुसंगति, सिद्धि।
validness n. बलवत्ता, सबलता, प्रबलता, समर्थता, सत्यता, साधुता; सप्रमाणता, युक्तियुक्तता, तर्कसिद्धता, अखण्ड्यता, उपपन्नता, न्यायसंगतता, माकूलियत; वैधता, न्याय्यता, कानूनीपन।
valise n. (वस्त्र रखनेका) चर्मपेटक, जामादानी, चमड़ेका बैग, चमड़ेका सफरी थैला या झोला; (सेना०) सैनिक झोला, सिपाहियोंकी बुकची।
valkyr, valkyria,-ie n. (pl. *valkyrs, -kyries*) (नार्वे० पुराण०) वालकीर (नार्वेके देवता ओडिनकी परिचारिका, चण्डिका, चण्डी)।
vallar a. प्राचीरवत्, चहारदीवारी-का-सा; प्राचीर-विषयक, चहारदीवारीवाला।
vallation n. प्राचीर, प्राकार, चहारदीवारी, मोर्चा।
vallecula n. (श० र० शा०, वन०, pl. *-ae*) सीता, झरीं, नाली।
valleculate a. (वन०) सीत, झरींदार, नालीदार।
valley n. (pl. *-s*) द्रोणी, दरी, उपत्यका, निम्नभूमि, दून, घाटी, दर्रा; अन्तर्देश (पर्वतके नीचेका ढालू प्रदेश); (स्था०; छतके सम धरातलको मध्यसे विभाजित करनेवाला) समकोण; ~ breeze आरोही समीर; ~ of the shadow of death अत्युत्पीड़न (काल), दुःखमय काल, महाकष्ट (का समय), अपार विपत्ति; ~ bottom, ~ floor, ~ glacier, ~ side, ~ tongue, ~ top, ~ train, ~ wind.
vallum n. (रोमन पुराण) दुर्ग, किला; मिट्टीकी

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

प्राचीर, मिट्टीका प्राकार, मिट्टीकी दीवार, किलेबन्दी, मोर्चा।

valorization n. (सरकार द्वारा) मूल्य-स्थिरीकरण।

valorize v.t. (सरकारका) मूल्य निर्धारित करना, मूल्य स्थिर करना, दर नियत करना।

valorous a. शूर, वीर, विक्रमी, पराक्रमी, साहसी, दिलेर, सूरमा, बहादुर।

valour n. शौर्य, वीर्य, विक्रम, वीरता, पराक्रम, शूरता, साहस, दिलेरी, जवाँमर्दी, बहादुरी।

valse n. & v. = WALTZ.

valuable[1] n. (pl. में) आभूषण, अलंकार, गहना, जेवर, जवाहिरात; मूल्यवान् पदार्थ, बहुमूल्य द्रव्य।

valuable[2] a. महार्घ, मूल्यवान्, महामूल्य, बहुमूल्य, कीमती (~ *property, information*); सम्मानार्ह; परिवर्त्य (*service not ~ in money*)।

valuableness n. मूल्यवत्ता, महार्घता, महामूल्यता, बहुमूल्यता, कीमतीपन; सम्मानार्हता; परिवर्त्यता।

valuate v.t. मूल्य-निर्धारण करना, मूल्यांकन करना, मूल्यन करना, मूल्य-निर्णय करना, मूल्य-निरूपण करना, दाम आँकना।

valuation n. मूल्य-निर्धारण, मूल्यांकन, मूल्यन, मूल्य-निर्णय, मूल्य-निरूपण, अर्हापण, दाम आँकना (~ *of abilities*); निर्धारित मूल्य, निरूपित मूल्य, मूल्य, मोल, दाम, कीमत (जैसे, ~ *of land*)।

valuator n. = VALUER.

value[1]* n. गरिमा, उत्कर्ष, माहात्म्य, महत्त्व, महत्ता, गुरुता, उपयोगिता, बड़ाई, कद्र (*has now learnt the ~ of fresh water, regular exercise*); गुण, विशेषता, खूबी; अर्हा, योग्यता, अर्घ्य, मूल्य*, दाम, बाजार-भाव, कीमत (*commercial ~*); प्रतिमूल्य; विनिमय-धन; राशि, परिमाण, संख्या, रकम (बीजगणितमें); (राग या अर्थकी) सटीकता, अर्थवत्ता; ~ payable मूल्यदेय, देयमूल्य; surplus ~ बचत मूल्य; *got good for ~* अच्छा दाम मिला या दाम-पर अच्छी वस्तु मिली; *out of ~* (चित्रमें) अत्यधिक प्रकाश या अत्यधिक अन्धकार होना;

~ account, ~ date, ~-payable cover, ~-payable parcel, ~-payable post, ~-payable postal article, ~-payable system, ~ received, ~ table.

value[2] v.t. मूल्यांकन करना (~ *answer-books*); मूल्य-निरूपण करना, मूल्य-निर्णय करना, मूल्य लगाना, आंकना, दाम लगाना, मोल ठहराना, दाम कूतना, कीमत लगाना (*should ~ the whole at Rs. 2000*); मूल्य-निर्धारण करना, मूल्य-निश्चय करना; महत्ता समझना, प्रतिष्ठा करना, सत्कार करना, आदर करना, गुरुता स्वीकार करना, सम्मान करना, महत्ता देना, गौरवशाली बनाना, कद्र करना (*I ~ sincerity more than anything*)।

valued a. मूल्यवान्; श्रद्धेय; मूल्यांकित, अर्हित, अंकितमूल्य (~ *friend, policy*)।

valueless a. क्षुद्र, नीच, हेय, पोच, गुणहीन, मूल्य-हीन, अर्हाहीन, माहात्म्यहीन, अयोग्य, योग्यताहीन, असार, सारहीन, व्यर्थ, निकम्मा, बेकद्र, बेकार; अल्प-मूल्य, कम दामका, कम कीमतका।

valuelessness n. क्षुद्रता, नीचता, हेयता, पोचता, गुणहीनता, मूल्यहीनता, माहात्म्यहीनता, अयोग्यता, योग्यताहीनता, असारता, सारहीनता, व्यर्थता, निकम्मा-पन; अल्पमूल्यता, कम दाम, कम कीमत।

valuer n. मूल्य-निरूपक, मूल्य-निर्धारक, मूल्य-निर्णायक, मूल्य-स्थापक, दाम लगानेवाला; सम्मानदाता, महत्त्वदाता, कद्र करनेवाला।

valuta n. (मुद्राओंकी) विनिमयार्हता; (दूसरे देशका) मुद्रा, सिक्का, नोट।

valval a (वन० शा०) अभिद्वारीय, कपाटिका-विषयक।

valvar a. कपाटिका-विषयक, कपाटका, वाल्वका।

valvate a. (श० र० शा०, वन०) कपाटवत्, सकपाट; अनतिछादी, धरास्पर्शी, वाल्व-जैसा।

valve n. (श० र० शा०, जीववि०) पिधान, कवाट, कवाटिका, कपाट, कपाटिका, परदा, छिलका, झिल्ली; उपद्वार, अभिद्वार, वाल्व (गैस या द्रवके प्रवाहका नियन्त्रणकारी यन्त्र); (शख शा०) शंख, सीपी; शंख या सीपीका खोलदार भाग; (वन० शा०) द्वार, कपाटिका, खिड़की; (क्व० दरवाजेके) किवाड़का एक पल्ला;

~ amplifier, ~ closet, ~ gear, ~-seat, ~ spindle, ~ view.

valved a. कपाटदार, परदेदार, वाल्ववाला।

valveless a. कपाटशून्य, कपाटहीन।

valvelet n. कपाटिका, छोटा कपाट या वाल्व।

valviferous a. चाभीदार, कुंजीदार।

valviform a. कुञ्चिकाकार, चाभीदार, कुंजीदार; कपाटरूप, कपाटदार; शंखरूप।

valvular a. सकपाट, कपाटिकायुक्त, झिल्ली-द्वार विशिष्ट; उपद्वारमय, अभिद्वारमय, वाल्व-सहित; ~ disease हृत्कपाट रोग, वाल्व रोग।

valvule n. (श० र० शा०, वन०) कपाटिका, छोटा कपाट या वाल्व।

valvulitis n. हृत्कपाट शोथ।

vambrace n. (इति०) बाहुत्राण।

vamose⊙, **-oos(e)** v. i. & t. (ग्रा०) डेरा छोड़कर भाग जाना, रफूचक्कर होना।

vamp[1] n. जूतेके ऊपरका चमड़ा; मोजा; चिप्पी, पैबन्द; (संगीत) संगत, मेल, जोड़।

vamp[2] v. i. & t. (जूतेके ऊपरी भागमें) चमड़ा लगाना; (*up* के साथ) जूतेमें जोड़ लगाना, जूतेकी मरम्मत करना, गाँठना; (बिखरी सामग्री इत्यादिको लेकर) लेखादि लिखना; (संगीत आदिमें) जोड़ मिलाना।

vamp[3] n. वारांगना, अभिसारिका, कुटनी औरत, बद-चलन औरत, फुसलानेवाली औरत, लुभानेवाली स्त्री, बदमाश औरत।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

vamp[4] v.t. (मर्दोंको) लुभाना, रिझाना, बहकाना, फुसलाना, नष्ट करना, बिगाड़ना।

vamper n. मोची; पैबन्द लगानेवाला, जोड़ मिलानेवाला।

vampire n. मांसेष्ट जन्तु, बैताल, प्रेत, पिशाच, भूत (एक भुतना जो सोते हुए मनुष्योंका रक्त चूस लेता है); शोषक, पीड़नकारी व्यक्ति, उत्पीड़नकारी व्यक्ति, अत्याचारी, ठग, लुटेरा; ~ bat एक रक्तशोषक चमगादड़; (रंगशालामें) चोर-परदा।

vampiric a. प्रैत्य, प्रैतिक, पैशाचिक, प्रेतके समान, जिन-सा; शोषक व्यक्तिके समान, अत्याचारी व्यक्तिके समान; रक्तशोषक चमगादड़के समान।

vampirish a. प्रैत्य, प्रैतिक, पैशाचिक, प्रेतके समान, जिन-सा; प्रेत-सम्बन्धी, पिशाच-विषयक।

vampirism n. (ला० या शा० अर्थमें) प्रेतवाद, पिशाचवाद, भूतप्रेतोंमें विश्वास; रक्त-चूषण, चूसना; शोषण, अत्याचार, लूट, ठगी।

vampish a. अभिसारिकावत्, कुटनी-सदृश, बदचलन औरत-जैसा।

vamplate n. (इति०) हस्तत्राण, हाथका बख्तर।

van[1] n. नासीर, सैन्याग्र भाग, सेनामुख, अग्रानीक, सबसे पहला जत्था, हरावल; (ला०) किसी क्रान्तिका मुखिया, किसी आन्दोलनका नेता, अगुआ (~ *of civilization*)।

van[2] n. सम्भारयान, पण्यशकट, मालगाड़ी, मालका डिब्बा; डिब्बा (*luggage* ~); वाहन, गाड़ी; (प्रा० का०) पक्ष, पंख, पर, डैने; भुजा, बाजू; बीजन, छाज, सूप, फटकनेवाली कल, पछोरनेकी कल।

van[3] v.t. धातुशोधन करना, धातुको धोकर परखना।

van[4] v.t. माल ढोना, गाड़ीमें माल ले जाना।

vanadate n. रोचातु-यशद, वैनडियमका जिंक या जस्ता।

vanadiate n. = VANADATE.

vanadic a. रोचिक, रोचातुमय, रोचातु-सम्बन्धी, वैनेडियमका।

vanadinite n. रोचाश्म।

vanadium n. रोचातु, वैनेडियम, (एक प्रकारका धातुतत्त्व जो टीन इत्यादिको मजबूत बनानेमें थोड़ी मात्रामें व्यवहृत होता है);
~ black, ~ bronze, ~ family, ~ steel, ~ sulphate.

vanadous a. (रसा०) रोचातु-सम्बन्धी, रोच्य, रोच तुका, वैनेडियमका।

vancourier n. अग्रदूत, बदरगा, आगे जानेवाला।

vandal १. n. (V~) एक जर्मन जाति, वण्डाल; २. a. असभ्य, अशिष्ट, असंस्कृत, बर्बर; (ला०) विनाशक, कला-विध्वंसक, सौन्दर्यनाशी।

Vandalic, v- a. वैण्डाली, वण्डालोंके समान, वण्डालोंका-सा; कलाकृतियोंके विनाशसे सम्बद्ध; विनाशी।

vandalism n. कलाकृतिका विनाश, कलावस्तुका विध्वंस, सत्यनाश।

vandalistic a. कलाकृति-विनाशक, कलाकृति-विध्वंसक।

vandyke[1] n. वानडाइकी कलाकृति, वानडाइक द्वारा निर्मित चित्र; (कपड़े, फीते या झालरोंका) नोकीला सिरा; झालरदार कालर; झालरदार गुलूबन्द (V~ *collar* भी)।

vandyke[2] v.t. (कपड़े आदिका) दाँतेदार झालर बनाना, टेढ़ामेढ़ा बनाना।

vandyke[3] a. दाँतेदार झालरका (या का-सा), झालरदार (~ *cape*); (विशे०) वानडाइकके चित्रोंकी-सी झालरवाला; V~ brown अवरक्तपीत, गहरा बादामी, गहरा भूरा।

vane n. (*dog-*~ भी) वलित्र, वायुघूर्णित फलक, वातदर्शक यन्त्र; पत्ती, पंख; जलप्रवाहाभिमुखी यन्त्र; जहाजका गतिनिर्देशक यन्त्र; (हवा चक्कीका) पटल, फलक, पंखा, परदा; जहाजका पंखा; (सर्वेक्षणमें व्यवहृत) वीक्षण यन्त्रकी दृष्टिशक्ति।

vaned a. पंखेदार, पंखदार यन्त्र-युक्त।

vaneless a. फलकविहीन, पंखाहीन, बेपरदा।

vang n. (नौवि०) सिरेकी रस्सी।

vanguard n. नासीर, सेनामुख, सैन्यमुख, अग्रदल, अग्रगामी सैन्य, हरावल; अग्रभाग; अग्रेसर, अगुआ।

vanilla n. मधुवास, वनिल्ला (एक लम्बा फूलदार पौधा); वनिल्लातैल; (~-*bean* भी) वनिल्लाफल।

vanillate n. मधुवासीय, वनिल्लाका नमक।

vanillic a. (रसा०) मधुवासिक, वनिल्ला-मिश्रित (~ *acid*)।

vanillism n. (वनिल्लाके कारखानोंमें मजदूरोंको होनेवाली) वनिल्ली खाज।

vanish[1] n. (ध्वनिवि०) समाप्तिपरका क्षीण स्वर।

vanish[2] v. i. तिरोभूत हो जाना, तिरोधान हो जाना, अन्तर्धान होना, अन्तर्हित होना, विलुप्त होना, विलीन होना, अदृश्य होना, ओझल होना, गायब होना; नष्ट होना, मिट जाना, जाता रहना।

vanishing a. तिरोभावी, लुप्यमान (~ *fraction, cream*)।

vanity n. निःसारता, असारता, सारहीनता, व्यर्थता, अन्तःशून्यता; अवास्तविकता, खालीपन, खोखलापन (*the* ~ *of human achievements*); अनिश्चय, अनिश्चितता; क्षुद्रता, हल्कापन; अहमिता, अहंमन्यता, मिथ्या अहंकार, मिथ्या गर्व, मिथ्या अभिमान, झूठा घमण्ड; आत्मप्रदर्शन, आडम्बर, दिखावा; (बाइ०) देवता, देवप्रतिमा; ड्रेसिंग टेबिल⊙; ~ bag, ~ case (आइना, पाउडर इत्यादि रखनेका स्त्रियोंका) सिंगारदान; V~ Fair अहं जगत, मिथ्याजगत्, क्षणभंगुर संसार, असार संसार।

vanner n. गुण-परीक्षण, प्रकार-निरीक्षण; धातु-शोधक, धातु-परीक्षक; फटकनेवाला।

vanning n. बीजन, धातुशोधन, धातु धोकर परखना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

फटकना ।

vanquish v t. पराभूत करना, परास्त करना, पराजित करना, हरा देना ।

vanquishable a. पराभूय, पराजेय, विजित करने योग्य, जीतने योग्य, हराने लायक ।

vanquisher n. विजयी, विजेता, परास्त करनेवाला, हरानेवाला ।

vansire n. दक्षिण अफ्रीकाका नेवला ।

vantage n. लाभ, सुविधा; उत्कर्ष, प्राधान्य; ~-ground अग्रभूमि, सुविधाजनक ज्ञान या अवस्था, श्रेष्ठपद ।

vanward a. अग्रिम, सामनेका, आगेका ।

vapid a. नीरस, रसहीन, विरस, विस्वाद, स्वादहीन, फीका, बेमजा, बेरस, सीठा (~ *beer, conversation*)।

vapidity, vapidness nn. नीरसता, रसहीनता, विरसता, विस्वादता, स्वादहीनता, फीकापन, सीठापन ।

vaporability n. वाष्पता ।

vaporable a. वाष्पीकरणीय, भाप बनाने योग्य ।

vaporanium n. वाष्प-स्नानागर, भाप-घर, हमाम ।

vaporiferous a. वाष्पोत्पादक, भाप उत्पन्न करनेवाला ।

vaporific a. वाष्पीय, गैसीय, भापवाला ।

vaporiform a. वाष्प-सदृश, वाष्पाकार, भापकी तरह ।

vaporimeter n. वाष्पमापी ।

vapor(iz)able aa. वाष्पीकरणीय, भाप बनाने योग्य ।

vaporization n. वाष्पीकरण, वाष्पायन ।

vaporize v.t. & i. वाष्पीकृत करना, वाष्प-परिणत करना, वाष्पमें बदलना, भाप बनाना या बनना, उड़ जाना ।

vaporizer n. वाष्पयन्त्र, वाष्पित्र, वाष्प बनानेवाला (यन्त्र) ।

vaporose a. वाष्पमय, वाष्पीय ।

vaporosity n. वाष्पमयता ।

vaporous a. वाष्पमय, वाष्पीय, वाष्पका, भापका; असार, निःसार, हलका ।

vapour[1] n. (वायुमें) वाष्प, भाप, कुहरा, कुहासा; धूम्र, धूम, धुआँ; हल्की बदली; निराधार वस्तु, काल्पनिक वस्तु, मिथ्याकल्पना, मिथ्यानुमान, निरर्थक कल्पना, चण्डूखानेकी गप्प; दर्प, अहं, अहम्मन्यता, अहंकार, मिथ्याभिमान, घमण्ड; (pl. प्रा०) खिन्नता, विषाद; स्नायुविकार; ~ bath (चिकि०) वाष्प-स्नान, भाप-नहान; ~-burner, ~ density, ~-engine, ~ pressure, ~ saturation.

vapour[2] v.i. = EVAPORATE.

vapourer n. दाम्भिक, वृथाहंकारी, आत्मश्लाघी, मिथ्याभिमानी, डींग हाँकनेवाला, गप्प हाँकनेवाला ।

vapourish a. वाष्पमय, वाष्पयुक्त, भापवाला; मन्द, खिन्न, विकृत, विषादमय; मिथ्या, काल्पनिक ।

vapourishness n. वाष्पमयता; विषादमयता ।

vapoury a. वाष्पमय, भापदार, कुहरेदार, कुहासेदार; धूमिल, धूममय, धुएँदार, धुँधला ।

vapulation n. कशाघात, कोड़ोंकी मार ।

vaquero n. (pl. -*s*) अमरीकी चरवाहा ।

Varangian n. वरंजी (नार्वेके डाकू); ~ guard वरंजी आरक्षी, (यूरोपके पूर्वदक्षिणी सम्राटोंका अंगरक्षक जो प्रायः वरंजी होता था) ।

varec n. समुद्री काई, वरुण-घास; वरुणघास-भस्म, सज्जी ।

vari n. अफ्रीकी लंगूर ।

variability n. अनित्यता, अस्थिरता, अस्थायित्व; अदृढ़ता; चलता, परिणम्यता; परिवर्तिता, विचरणशीलता, परिवर्तनशीलता, हेर-फेर ।

variable[1] n. परिवर्तनशील वस्तु, अस्थिर वस्तु, अनित्य वस्तु, चंचल पदार्थ; (गणित) परिणाम; परिणम्यराशि, चल राशि, चर राशि; (नौवि०) विचरणशील वायु; व्यापारिक वायुके बीचका भूखण्ड ।

variable[2] a. परिवर्ती, परिवर्तनीय, परिवर्तनशील, अस्थिर, अनित्य, चंचल, घटनेबढ़नेवाला (~ *mood, wind*); लचीला (*a rod of* ~ *length*); (गणित०) चल, अस्थायी, विविध मूल्यका (~ *quantity*); (वन०, प्राणिवि०) विभिन्न (~ *species*); (भौ०) विचरणशील, चल, चर, परिणम्य (~ *resistance, velocity*)।

variableness n. = VARIABILITY.

variance n. विभिन्नता, विभेद; मतभेद, मतविरोध, मतान्तर, मतभिन्नता, विचारान्तर (*at* ~ *with authorities*); भेद, विरोध, अनैक्य, असामंजस्य; मनोमालिन्य, कलह, द्वन्द्व, झगड़ा, अनबन, फूट; (कानूनमें कथन और प्रमाणकी) भिन्नता, वैपरीत्य; विचरण, चरता, परिवर्त्यता, प्रसरण; (गणित०) चलराशिता ।

variant[1] n. (बर्तनी, छापे और अध्ययन या व्याख्याकी दृष्टिसे) पाठान्तर, पाठभेद, रूपभेद, रूपान्तर (जैसे, valet *is a* ~ *of* varlet); विचर, परिवर्ती ।

variant[2] a. भिन्न, विभिन्न, विच्छिन्न, पृथक्-पृथक्, अलग-अलग (*40* ~ *types of birds*); परिवर्तनशील, बदलनेवाला, घटने-बढ़नेवाला, चल, विचरणशील, विचरणशक्य ।

variate[2] v.i. परिवर्तित होना, बदलना ।

variate[1](**s**) n. चर, परिवर्ती ।

variation n. भेद, विभेद, अन्तर, प्रभेद, विभिन्नता, व्यतिक्रम, परिणमन, परिवर्तन, प्रकारान्तर, फेर-फार, घटी-बढ़ी, कमी-बेशी, तबदीली, हेरफेर, उतारचढ़ाव (~*s of temperature*); (व्या०) रूप, शब्दरूप; रूपान्तर; (गणित ज्यो०) च्युति, प्रसरण, विकार, (आकाश स्थित वस्तुओंका अपनी निम्न कक्षा या गतिमें व्यतिक्रम); (बीज ग०) विचरण, परिणमन (राशियोंके आपसी) सम्बन्धका सिद्धान्त; (संगीत) भिन्न तान, भिन्न स्वर, स्वर संगतिका परिवर्तित रूप; secular ~ दीर्घकालीन परिवर्तन, दीर्घकालीन व्यतिक्रम; ~-chart समानान्तर जगहोंसे खींची गयी रेखाओंका मानचित्र ।

variational a. प्रकारान्तर-सम्बन्धी, व्यतिक्रम-विषयक,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

परिवर्तन-सम्बन्धी; परिवर्ती, परिवर्तनशील।

variative a. = VARIATIONAL.

variator n. विभेत्ता, प्रभेत्ता, विभाजयिता, परिणामकर्त्ता; प्रकारान्तरयिता, फेरफार करनेवाला।

varicate a. (चिकि०) शूनायुक्त, स्फीत, शिरामय, फूली हुई नसवाला; (जीववि०) उत्कूटमय।

varication n. शिरास्फीति, शिरावर्ध्म, नसका फुलाव।

varicella n. = CHICKEN-POX.

varicocele n. मुष्कशिरास्फीति, अण्डनीलावर्ध, आँतका बढ़ जाना।

varicoloured a. = VARIEGATED.

varicose a. (चिकि०) श्वयित, अपस्फीत, विवर्द्धित, प्रसारित, बढ़ा हुआ, सूजा हुआ (~ *ulcer, vein*)।

varicosed a. सूजी हुई शिरावाला।

varicosity n. अपस्फीति, श्वयन, शिरा-वृद्धि, शिरा-प्रसारण, नाड़ीकी सूजन।

varied a. विविध, नानारूप, विभिन्न (~ *response*); परिवर्तित।

variegate v.t. कर्बुर करना. शबल करना, रंजित करना, चित्र-विचित्र करना, रंगबिरंगा या चितकबरा बनाना; (वन० में) पौधोंके हरे भागोंको हल्का पीला बनाना (जैसे पतझड़में)।

variegated a. कर्बुर. कर्बुरित, शबल, रंजित, नानावर्ण, बहुरंगी, चित्र-विचित्र, चितकबरा (जैसे, ~ *geranium*)।

variegation n. कर्बुरता, शबलता, चित्र-विचित्रता, चितकबरापन, रंग-बिरंगापन।

varier n. अन्यविधकर्ता, रूपान्तरयिता, परिवर्तक व्यक्ति, पलटनेवाला, बदली करनेवाला; घटाने-बढ़ानेवाला, हेरफेर करनेवाला।

varietal a. वैचित्र्यमय, विचित्रतापूर्ण, विचित्र, विभिन्न, विविध, प्रभेदीय (~ *trials*)।

variety n. शबलता, रंगारंगी: भेद, विभेद, प्रभेद, प्रकार, विविधता, भाँति, किस्म; वैलक्षण्य, वैचित्र्य, विचित्रता; अनैक्य, अनेकता, विभिन्नता, नानात्व; वस्तु-भेद, अन्तर, प्रकारभेद (जैसे, *climatic* ~); विविध प्रकार (~ *of reasons*); (pl.) विविध पदार्थ; ~ entertainment *or* show विविध विनोद, विभिन्न प्रमोदोत्सव, वैराइटी मनोरंजन, वैराइटी शो।

variform a. विविधरूप, विभिन्न रूपोंका, नाना भेदोंका, अनेक रूपों या आकारोंका।

variola n. शीतला, चेचक, माता, महरानी, देवी।

variolar a. = VARIOLOUS.

variolate v.t. चेचकसे रुग्ण करना, मातासे बीमार करना, महरानी ला देना, देवी आना; टीका लेना, गुदना गोदना, पछना।

variolated a. चेचकके दागवाला, गड्ढेदार (~ *face*)।

variolation n. मसूरण, टीका, गुदना।

variole n. (चेचक आदिका) गर्तक, गड्ढा।

variolite n. शबलाश्म, चित्तीदार पत्थर।

variolization n. = VARIOLATION.

varioloid n. छोटी चेचक, माता, महरानी, देवी।

variolous a. मसूरीय, चेचकवत्, चेचक-सदृश, माता-जैसा; चेचक-रोगी, चेचकवाला।

variometer n. चरणमापी।

variorum[1] n. नाना-टीका-समन्वित संस्करण।

variorum[2] a. सटिप्पण, नाना-टीका-समन्वित, अनेक टिप्पणियोंसे युक्त (~ *edition*)।

various a. चित्रविचित्र; विविध, नानाविध, नानारूप, कई प्रकारका (*the modes of procedure were* ~); पृथक्-पृथक्, भिन्न-भिन्न, विभिन्न, जुदा-जुदा, अलग-अलग, तरह-तरहका (*came across* ~ *people*); (अर्द्ध सर्वनाम, ग्रा०) अनेक, कई एक (~ *have assured me*)।

variousness n. भिन्नता, विभिन्नता, विविधता, नानारूपता; पृथक्ता, अलगपन।

varix n. (pl. *-ices*) (जीववि०) उत्कूट; (चिकि०) स्फीत शिरा, शूना, नसका फुलाव।

varlet n. (मध्यकालीन) भृत्य, परिचर, परिचारक, सेवक, अनुचर, नोकर; (प्रायः विशे० हास्य०) दास, चाकर, टहलुआ, गुलाम; शठ, दुष्ट, शैतान, बदमाश, गुण्डा, पाजी।

varletry n. जनसम्मर्द, जनसमूह, सभा, जुलूस, भीड़।

varmint १. n. (ग्रा०, हास्य०) धूर्त जीव, मक्कार आदमी; (ग्रा० शिकार) लोमड़ी, लोखड़ी, लोखरी; २. a. धूर्त, मक्कार।

varnish[1] n. चाकचिक्यानुलेप, लाक्षी, लाक्षक, लाक्षा, लाख, रोगन, वार्निश; कृत्रिम कान्ति, कृत्रिम प्रभा, कृत्रिम दीप्ति, ठाटबाट, बनावटी चमक-दमक; प्रशमन, दोषाच्छादन, दोष छिपानेकी कलई; (दुराचरणके ऊपर) आवरण, परदा;

~-maker, ~ paint, ~ remover, ~ thermometer.

varnish[2] v.t. चाकचिक्यानुलेपन करना, लाक्षीयण करना, चमकाना, रोगन करना, वार्निश करना; (ला०; चरित्र, गतिविधि कार्य इत्यादिको) सँवारना, दोष छिपाना, बात चिकनाना, टीप-टाप करना।

varnished a. लाक्षीयित, रोगन किया हुआ, वार्निश किया हुआ।

varnisher n. चकचिक्यानुलेपयिता, लाक्षीयक, चमकानेवाला, रोगन करनेवाला, वारनिश करनेवाला।

varsal a. = UNIVERSAL; सार्वभौमिक।

varsity n. (बोल०) विश्वविद्यालय, यूनिवर्सिटी (प्रायः गुण०, जैसे ~ *boat*)।

varsovienne n. (पौलैण्डका) वारसा नृत्य (संगीत)।

varus[1] n. जानुविकार, जानुनति; अन्तर्वलय, अन्दरको मुड़े घुटने।

varus[2] n. = ACNE.

vary v.t. & i. अन्यविध करना या होना, रूपान्तरित करना या होना, परिणमित होना या करना, परिवर्तित

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

करना या होना, बदलना, पलटना, पलटाना, घटना-बढ़ना, घटाना-बढ़ाना, फिरना, मुड़ना, हेरफेर करना, तबदील करना (*can ~ the pressure at will*); विभिन्न करना या होना, विविधरूप करना या होना, नानारूप करना या होना, नानाविध करना या होना, रूप बदलना; पृथक् करना या होना, छिन्न करना या होना, विच्छिन्न करना या होना, भिन्न करना या होना, अलग करना या होना (*opinions ~ on this point*); (संगीत स्वरमें) आरोह-अवरोह लाना, उतार-चढ़ाव लाना, घटाना-बढ़ाना; परिवर्तन स्वीकार करना; ~ *directly* (किसी सख्याका) दूसरेके अनुपातसे घटना-बढ़ना; ~ *inversely* (किसी संख्याका) प्रतीप विचरण करना, उलटे घटना-बढ़ना, उल्टे अनुपातसे घटना-बढ़ना।

varying a. परिवर्ती (~ *force*); विभिन्न, उतरती-चढ़ती, घटती-बढ़ती (*tried with ~ success*); ~ degree न्यूनाधिक मात्रा।

vas n. = VESSEL.

vasal a. भाण्डीय, भाण्ड-विषयक, भाजन-सम्बन्धी, पात्र-सम्बन्धी, बर्तनका, बासनका; नालीका; नलीका; तरणी-विषयक, नौका-विषयक, पोत-सम्बन्धी।

vascular a. रक्तधर, वाहिनी-, वाहिनीमान्, वाहिनी-मय, संवहनीय, संवाहिनीयुक्त (~ *system*); शिरात्मक, शिरामय, शिरायुक्त, नलिकात्मक, रगदार, नसीला, नसदार; नाड़ी-विषयक; ~ functions रक्तसंचार; ~ tissue वाहिनी ऊति।

vascularity n. शिरात्मकता, शिरामयता, शिरा-युक्तता, वाहिनीमत्ता, नसीलापन, नसदारी।

vascularization n. शिरात्मीकरण, वाहिनीकरण।

vascularize v.t. वाहिनीयुक्त करना, रक्त संचारित करना।

vasculose १. n. शिरा-सत्त्व, शिरा या नाड़ीका मुख्य तत्त्व (विशे० पौधोंका); २. a. = VASCULAR.

vasculum n. (pl. *vascula*) (विशे० टीनका बना हुआ प्राणिविज्ञानवेत्ताका) संग्रह, थैला, झोला, बटुवा; (श० र० शा०) वाहिनी, शिरा; क्षुद्र पात्र; क्षुद्र आधार।

vase n. भृंगार, अलंकृत पात्र, अलंकृत भाजन, अलकृत कलश, सजावटी गिलास, फूलदान।

vaseful n. पात्रभर, फूलदानभर (वस्तु)।

vaseline n. मृत्स्नेह, मृत्तैलवसा, वैसलिन।

vasifactive a. संवाहनीजनक, नलिकोत्पादक, धमनी-उत्पादक।

vasiform a. वाहिनीरूप।

vasoconstriction n. वाहिनी-संकोचन, शिरा-संकोच।

vasodilator n. वाहिनी-अभिस्तारक।

vassal n. (इति०) प्रजा, असामी; अधीन व्यक्ति, भू-सामन्तका गुमाश्ता; (भाषण) दास, गुलाम; अनुचर, सेवक, भृत्य, नौकर-चाकर; छोटा सरदार; great ~ जागीर-दार, जमींदार; ~ state अधीन राज्य।

vassalage n. (इति०) दासत्व, दासता, अधीनता, पराधीनता, चाकरी, नौकरी, तावेदारी, गुलामी; सामन्तत्व, रैयती; असामीपन।

vassalry n. भृत्यवर्ग, दासजन; प्रजा।

vast[1] n. (का०, भाषण) विस्तृत स्थान, बहुत बड़ी जगह, मैदान।

vast[2] a. विपुल, विस्तीर्ण, बृहत्, प्रकाण्ड, विशाल, अपार, अपरिमेय, अपरिमित, भारी, बहुत बड़ा (~ *expanse of water*);

~ difference, ~ frame, ~ multitude, ~ plains, ~ satisfaction, ~ scheme.

vastidity n. = VASTITUDE.

vastitude n. वैपुल्य, विपुलता, विशालता, प्रकाण्डता, अपारता, अपरिमेयता, अपरिमितता।

vastness n. विपुलता, विशालता, प्रकाण्डता, अपारता, अपरिमेयता, अपरिमितता, लम्बाई-चौड़ाई (*the ~ of ocean*)।

vasty a. अति विपुल, अति विशाल, अतिशय प्रकाण्ड, अपरिमेय, अपरिमित, बहुत बड़ा।

vat[1] n. कुण्ड, गढ़ा, चहबच्चा; माट, मटका, नाँद, हौज;

~ account, ~ account book, ~ blue, ~ book, ~ bordeaux, ~ brown, ~ colour, ~ corinth, ~ dye, ~ green, ~ grey, ~ heliotrope, ~ olive, ~ orange, ~ pink, ~ red, ~ register, ~ scarlet, ~ violet, ~ yellow.

vat[2] v.t. नाँदमें रखना।

vatful n. कुण्डभर; नाँदभर, हौजभर (वस्तु)।

vatic a. देववाक्य-सम्बन्धी, भविष्यात्मक।

Vaticanism n. पोप-शासनवाद, वैटिकनवाद।

Vaticanist n. पोप-शासनवादी, पोपशासन-समर्थक, वैटिकनवादी।

vaticide n. पुरोहित-वध, पुरोहित-हनन, पोप-हत्या; पुरोहित-घातक, पोपका वध करनेवाला।

vaticinal a. भविष्यसूचक।

vaticinate v.t. भविष्यत् कहना, भविष्यवाणी करना या कहना, आगम बताना।

vaticination n. भविष्य-कथन, भविष्यवाणी, आगम-सूचना।

vaticinator n. देवदूत; भविष्यद्वक्ता, भविष्यवक्ता, आगम बतानेवाला।

vaticinatory a. = PROPHETIC.

vaticinatress n. भविष्यद्वक्त्री, आगम बतानेवाली।

vaudeville n. फ्रांसीसी नाट्यसंगीत; विविध मनोरंजन; व्यंग्यगीत।

vaudoo n. = VOODOO.

vault[1] n. (स्था०) तोरण, चापच्छद, महराबदार छत; अविच्छिन्न तोरण, महराबोंका सिलसिला; गुम्बज; महराबी कक्ष, महराबदार छतसे युक्त कोठरी; भूमिगृह, वज्रकोष्ठ, अन्तःकक्ष, तहखाना, (पृथ्वीके नीचे स्थित) गोदाम, कोठरी (*wine-~*); गिरजे या कब्रिस्तानका

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

१६१९Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

मकबरा; (श० र० शा०) (गुहा या गुफाकी) तोरणदार छत, धनुषाकार छत; *the ~ of heaven* खमण्डल, नभमण्डल, आकाशमण्डल, आकाश, आसमान।

vault[2] v.t. तोरण बनाना, महराब बनाना; महराबदार छत बनाना, गुम्बजसे सजाना; भूमिगृह बनाना, तहखाना बनाना।

vault[3] n. कूद, उछलन, उछाल, छलाँग, फलाँग, फाँद।

vault[4] v. i. & t. कूदना, उछलना, उछालना, छलाँग भरना, फलाँग मारना (*~ over the gate, from the saddle, upon a horse*)।

vaultage n. धनुषाकार तहखाना, महराबदार चुनाई।

vaulted a. चापच्छदात्मक, चापच्छदीय, गुम्बजदार, महराबदार (*~ passage*)।

vaulter n. नट, कूदनेवाला, उछलनेवाला, छलाँग मारनेवाला, फाँदनेवाला।

vaulting n. चापच्छादन, तोरणदार रचना, महराबदार बनावट; भूमिगृहकी रचना, तहखाना; ~-horse (कूद-फाँदके लिए) लकड़ीका बना घोड़ा, डोलती कुर्सी।

vaulty a. तोरणयुक्त, महराबदार; धनुषाकार, उन्नतोदर।

vaunt[1] n. आत्मश्लाघा, आत्मप्रशंसा, दर्प, अभिमान, गौरव, गर्व, अहं, अहंकार, अहम्मन्यता, घमण्ड, डींग, शेखी।

vaunt[2] v. i. & t. आत्मश्लाघा करना, आत्मप्रशंसा करना, दर्प करना, अभिमान करना, गर्व करना, अहंकार करना, अहम्मन्य होना, घमण्ड करना, डींग मारना, शेखी करना, शेखी बघारना।

vaunter n. आत्मश्लाघी, आत्मप्रशंसक, अभिमानी, गर्वी, अहंकारी, अहम्मानी, घमण्डी, डींगमार, शेखीबाज, शेखी बघारनेवाला।

vauntful a. दे० VAUNTER.

vaunting a. स्पर्द्धाकारी, अहंकारपूर्ण।

vauntlay n. आगेके शिकारी कुत्ते।

vavasory n. (इति०) जागीर, जमींदारी, जागीरदारी, रियासत।

vavasour n. (इति०) जागीरदार, जमींदार, पट्टीदार।

've (बोल०) *have* का संक्षिप्त रूप।

veal n. (भोजनार्थ) गोवत्समांस, बछड़ेका मांस (*~ cutlet*)।

vealy a. गोवत्समांसवत्, बछड़ेके गोश्तका सा; बछड़ेके मांसका (बना हुआ); अनुभवहीन, अधकचरा (अमरीकामें प्रचलित) (बोल०) अपूर्ण, अपरिपक्व, कच्चा।

vector n. (प्राणिवि०) रोगवाही कीट, प्रसारक; (गणित) दिष्ट, सदिश; प्रसारक, छूत फैलानेवाला, रोग फैलानेवाला; (चतुष्य आदिमें) एक रेखा जिसकी लम्बाई और दिशाकी कल्पना कर ली गयी हो किन्तु उसकी स्थिति निश्चित न हुई हो; ~ quantity प्रसारक राशि, सदिश राशि; ~ psychology दिष्ट मनोविज्ञान।

vectorial a. सदिशी, प्रसारी, प्रसारित; सदिश-विषयक, प्रसारकका; छूतका।

Veda n. वेद, श्रुति।

Vedanga n. वेदांग।

Vedanta n. वेदान्त, वेदान्तशास्त्र।

Vedantic a. वेदान्ती, वेदान्त-सम्बन्धी।

Vedantist n. वेदान्ती, वेदान्तवादी, वेदान्तविद्, वेदान्तशास्त्री।

vedette, vi- nn. अश्वारोही प्रहरी, घुड़सवार पहरेदार या सन्तरी।

Vedic a. वैदिक, वेद-सम्बन्धी; वेदानुकूल, वेदविहित।

Vedism n. वैदिक धर्म।

veer v. i. & t. दिक्परिवर्तन करना, दिशा बदलना, घूमना, घुमाना, मुड़ना, मोड़ना, रुख फिरना, रुख फेरना; (ला०) मन-परिवर्तन करना या होना, विचार-परिवर्तन करना या होना, दिमाग फिरना या फेरना; (नौवि०) ढीला करना, छोड़ देना, जाने देना (*away, out* के साथ); = WEAR[3].

veering n. दक्षिणावर्तन; दिक्परिवर्तन।

vega n. तृणभूमि, मैदान; वेगा (स्पेनी अमरीकामें एक विस्तृत उर्वर भूमिखण्ड)।

vegetability n. उद्भिज्जत्व।

vegetable[1] n. उद्भिद्, शाक, वनस्पति, पेड़-पौधा, सब्जी, तरकारी;

~ acid, ~ alkali, ~ black, ~ caterpillar, ~-charcoal, ~ colic, ~ colour, ~ debris, ~ diet, ~ dye, ~ earth, ~ fat, ~ fibre, ~ garden, ~ ghee, ~ ivory, ~ jelly, ~ khaki dyed, ~ kingdom, ~ life, ~ marrow, ~ matter, ~ oil, ~ origin, ~ oyster, ~ percentage, ~-preserves, ~ production, ~ products, ~ red, ~ refuse, ~ room. ~ seed, ~ silk, ~ soil, ~ soup.

vegetable[2] a. औद्भिद, उद्भिदी, वनस्पति-सम्बन्धी, पौधाजातीय, तरकारीका, शाक-सब्जीका; ~man ⊙ कुंजड़ा, तरकारियाँ बेचनेवाला; ~ physiology उद्भिज शरीरशास्त्र; ~ rennet आतंचक अश्वगन्धा, सेबकी-सी तरकारी; ~ sponge राजकद्दू।

vegetal[1] n. उद्भिद्, उद्भिज्ज, वनस्पति, पौधा, शाक, तरकारी, सब्जी।

vegetal[2] a. औद्भिद, वनस्पति-सम्बन्धी, पौधाजातीय; उद्भित्प्रकृति, उद्भिद्धर्मी, उद्भिद् स्वभाववाला; ~ function उद्भित्कर्म।

vegetality n. उद्भिज्जत्व, वनस्पति-जीवन, उद्भिज्जीवन।

vegetarian n. वैष्णव, निरामिष (*~ food, principles*); शाकाहारी, शाकान्नभोजी।

vegetarianism n. निरामिषभोजनवाद, शाकान्नवाद, शाकाहारी सिद्धान्त।

vegetate v. i. (पौधोंका) प्ररूढ़ होना, अंकुरित होना, उगना, जमना, लगना, बढ़ना; (उद्भिद्-सदृश) प्रवर्द्धित होना, वर्द्धित होना, विकास पाना, पनपना, बढ़ना; (ला०) निष्क्रिय जीवन बिताना, कार्य-चेष्टा-रहित होना, बेकार समय बिताना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

vegetation n. (उद्भिदवत्) वृद्धि, वर्द्धन, वर्द्धनशीलता, प्ररोहण; (शा० एवं ला०) उद्भिज्ज, उद्भित्समूह, उद्भिद्वर्ग, पादपजात, तृणजाति, वनस्पतियाँ, पेड़-पौधे, हरियाली, सबजी (*luxuriant* ~); (निदान) प्रदाह, खालपरका विकार।

vegetative a. उद्भिद्वत्, स्थावर, अक्रियाशील; प्ररोहक; उद्भिदीय; वर्धी, वर्द्धनशील, वृद्धिशील, वर्द्धमान, उत्पादनक्षम, पनपता, बढ़ता (~ *cell, process*)।

vegetativeness n. वृद्धिशीलता, वर्द्धनशीलता; निष्क्रियता, अक्रियाशीलता।

vegetive a. = VEGETATIVE.

vehemence n. आवेग, उत्ताप, उत्कट भावना; उत्कटता, प्रचण्डता, चण्डता, वेग, तीव्रता, तीक्ष्णता, उग्रता, परुषता, प्रबलता, जोर, तीखापन, तेजी।

vehemency n. = VEHEMENCE.

vehement a. उत्कट, उत्साही, आवेगशील, उत्तापमय, उत्कट-भावना-युक्त (~ *desire, protest*); प्रचण्ड, बलवान्, तीव्र, तीक्ष्ण, उग्र, परुष, प्रबल, तेज, तीखा (~ *onset, wind*)।

vehicle n. चक्रयान, शकट, यान, वाहन, प्रवहण, रथ, सवारी, गाड़ी; (औषध०) अनुपान; माध्यम, साधन, द्वार, उपकरण (जैसे, *used the pulpit, the press, as a ~ for his political opinions*); motor ~ मोटर गाड़ी;
~ guidance, ~ loads, ~ log book, ~ stand.

vehicular a. यानीय, यान-विषयक, शकटीय, शकट-सम्बन्धी, वाहन-सम्बन्धी, गाड़ीका, सवारीका; माध्यम-रूप, साधन-सम्बन्धी; अनुपान-सम्बन्धी।

vehiculatory a = VEHICULAR.

vehmgericht n. (१४-१५वीं शतीका) जर्मन विशेष न्यायाधिकरण, विशेष न्यायालय।

veil[1] n. (वन०) संवरण, अधिवेष्ट, अवगुण्ठन, आच्छादन, झीना आवरण, घूँघट, परदा, नकाब, बुर्का (*dropped, raised, her* ~); (ला०) छद्मवेष, कपटवेष; (पादरी लोगोंका) दुपट्टा; गिलाफ; दण्डपट; पट (*the ~ of the temple*); व्यपदेश, ओट, बहाना (*under the ~ of religion*); (सर्दीके कारण या स्वाभाविक रूपसे) बैठी हुई आवाज; झिल्ली; *beyond the ~* मरणोपरान्त; अज्ञात स्थिति; *draw a ~ over* विवाद स्थगित करना, टालना, छिपाना; *took the ~* संन्यासिनी हो गयी।

veil[2] v.t. आवृत करना, अवगुण्ठित करना, गोपन करना, आवरण डालना, घूँघट काढ़ना, नकाब या परदा डालना; (ला०, क्रोध, रोष इत्यादिको) छद्मवेशमें रखना, छिपाना, मूँदना, ढाँकना।

veiled a. आवृत, अवगुण्ठित, प्रच्छन्न, छिपा हुआ।

veiling n. आवरण, अवगुण्ठन-वस्त्र, घूँघटपट, नकाबका कपड़ा, परदा; परदा करना।

veilless a. आवरणहीन, अनवगुण्ठित, घूँघटहीन, बेपरदा।

vein[1] n. शिरा, वाहिनी, धमनी, नीला, नस, नाड़ी, रग; (प्रच०) रक्तपात्र; (कृमि०, वन०) पसली, धारी, पंख या पत्तेकी शिरा; (भूगर्भ०) सन्दर, चट्टानकी चीर या दरार; रेखा, रग, लकीर, धारी; (संगमरमर इत्यादिकी) धारियाँ, पट्टियाँ; विशिष्ट गुण, विशिष्ट प्रवृत्ति, विशिष्ट मनःस्थिति, स्वभाव, मनोवृत्ति, भावभंगी, मौज (*was of an imaginative* ~); लहर (*said in a humorous* ~)।

vein[2] v.t. शिराविशिष्ट करना, शिरा या नससे भरना; रेखांकित करना, धारी डालना।

veinage n. नाड़ीविन्यास, धमनी-तन्त्र, शिराओंका क्रम, रगोंका सिलसिला।

veined a. (वन०) नाड़ीयुत, शिरायुक्त, नसवाला।

veining n. शिरा-रचना, वाहिनी-निर्माण, धमनी-विन्यास; वयन, बुनाई, कढ़ाई, कसीदेका काम।

veinless a. शिराविहीन, वाहिनीरहित, धमनीरहित, बिना नसोंका, बेनस, बेरग।

veinlet n. नाडिका, लघु शिरा, छोटी नस।

veinlike a. शिरा-सदृश, नस या रगके समान।

veinous a. = VEINED.

veinule n. छोटी शिरा या रग।

veiny a. शिरायुत, नसोंसे परिपूर्ण, उभरी हुई नसोंवाला, रगदार, नसीला।

velar a. कण्ठ्य, कण्ठस्थ (~ *vowel*)।

veld(t) n. (अफ्रीकाकी) तृणभूमि, घासका मैदान, फेल्ट।

velitation n. संघर्ष, विवाद, झगड़ा।

velites n. (pl.) (प्रा० रोममें) शस्त्रास्त्र-सज्जित सैनिक, हथियारबन्द सिपाही।

velleity n. आकांक्षा, चाह; इच्छामात्र, दुर्बलेच्छा।

vellicate v.t. & i. संकुचित करना या होना, सिकोड़ना या सिकुड़ना; उत्तेजित करना या होना, उकसना या उकसाना, झटकना, झटका मारना।

vellication n. संकोचन, संकोच, सिकुड़न; मरोड़, ऐंठन; उत्तेजन, उकसाहट।

vellicative a. संकोचशील, सिकुड़नेवाला, ऐंठनेवाला।

vellum n. वत्सपत्र, गोवत्सचर्म, लेख्यचर्म, झिल्ली; कमाये हुए बारीक चमड़ेपरका हस्तलेख; ~ paper नकली चमड़ा, चमड़े-जैसा महीन कागज।

vellumy a. वत्सपत्रीय, गोवत्सचर्मीय, लेख्यचर्मका, झिल्लीदार।

velocimeter n. जवमापक, वेगमापी, गतिमापक यन्त्र।

velocipede n. (साधारणतया) = CYCLE, पैरगाड़ी (अब प्रधानतया इतिहासमें प्रयुक्त)।

velocipedist n. पैरगाड़ी चलानेवाला।

velocity n. जव, वेग, प्रवेग, द्रुत गति, जोरकी चाल, रफ्तार, जल्दी, तेजी (*uniform* ~);
~ constant, ~ curve, ~ ratio.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

velours n. (हैट इत्यादि बनानेमें प्रयुक्त एक प्रकारकी मखमल) वेलूर, प्लुश।

velum n. अर्गल, अरकला, पटिका, परदा।

velure[1] n. दे० VELOURS, मखमल, मखमलके समान वस्त्र, प्लुश; (हैट इत्यादिमें प्रयुक्त) मखमली गद्दी।

velure[2] v.t. मखमल मढ़ना, प्लुश लगाना।

velutinous a. = VELVET[2]; (वन० कृमि० शा०) मखमली, मखमल-सदृश, मृदु, कोमल।

velveret n. निम्न कोटिकी मखमल।

velvet[1] n. मृदुक, कोमल वस्त्र, मखमल *(silk, cotton, ~)*; (हिरनके निकलते हुए सींगका) रोमावरण, ढकनेवाला रोमयुक्त चमड़ा; (परिवर्तित) लाभ, फायदा ⊙; ~ dock स्वर्णधान्य; ~ glove कपट सौजन्य, मखमली नरमी, बाह्य सज्जनता, चिकनी-चुपड़ी बातें; ~ leaf मृदुवल्ली; ~ tread मन्द गति, धीमी चाल; *an iron hand in a ~ glove* ऊपरसे मृदु भीतरसे कठोर; *on* ~ लाभमें, लाभप्रद स्थितिमें; ~-banded, ~-bean, ~ black; ~ brown, ~-clad, ~-covered, ~-eared, ~-edged, ~-faced, ~-grass, ~-lined, ~ osier, ~-paper, ~-soled, ~work.

velvet[2] a. कोमल, गुदगुदा, मखमली।

velveted a. मखमल-मिश्रित, मखमलयुक्त, मखमलदार मखमलसे मढ़ा हुआ।

velveteen n. मृदुकी, सूती मखमल, नकली मखमल, वेलवटीन; (pl.; परिवर्तित) शिकारी जानवरोंका पालक या शिक्षक।

velveting[1] n. मखमलका रोयाँ, मखमलका उभरा हुआ सूत; मखमलका माल।

velveting[2] a. मृदुक-, मृदुकमय, मखमली।

velvety a. मखमली, मखमल-सा।

vena n. (pl. *-e*) वाहिनी, शिरा, धमनी; नस।

venal[1] a. अर्थवश्य, अर्थक्रेय, उत्कोच्य, क्रयशील, घूँस देकर खरीदा जा सकनेवाला; (लालचमें पड़कर) सिद्धान्त त्यागनेवाला।

venal[2] a. शिरा-सम्बन्धी, वाहिनी-सम्बन्धी।

venality n. (व्यक्तिकी) अर्थवश्यता, अर्थक्रेयता, अर्थदासता, उत्कोच्यता, क्रयशीलता।

venatic a. आखेटक, मृगया-पर, शिकारी।

venation n. नाडीविन्यास, पर्णशिरा तन्त्र, पत्तियोंकी नाडीरचना; शिरा-विन्यास, शिरा-व्यवस्था; कीट-पक्षपरकी नाड़ियाँ, नसें।

vend v.t. विक्रय करना, बिक्री करना, बेचना; (विक्रयार्थ) थोड़ा माल देना।

vendace n. एक छोटी-सी बिलायती मछली।

vendee n. क्रेता, खरीददार।

vender n. दे० VENDOR.

vendetta n. कुल-वैर, कौलिक प्रतिहिंसा।

vendibility n. विक्रेयता, विक्रयशीलता, बिकाऊपन।

vendible a. पण्य, विक्रेय, विक्रयशील, बिक्रीके योग्य, बिकाऊ, बेचने योग्य।

vendibleness n. = VENDIBILITY.

vendition n. विक्रय, विक्रयण, बेचना।

vendor n. विक्रेता, विक्रयी, बेचनेवाला।

vendue n. सार्वजनिक विक्रय, नीलाम।

veneer[1] n. शल्कल, छिलका, चैली; (ऊपरकी) पतली तह, पतला परदा; पर्त या ढक्कन लगानेका कार्य; ~-moth (पर्त किये हुए रंगका-सा) शल्की पतिंगा।

veneer[2] v.t. (लकड़ी या लकड़ीके बने सामानोंपर) अच्छी लकड़ीका स्तर चढ़ाना, परत लगाना; (मिट्टीके बर्तनोंपर) सुन्दर पदार्थका पर्त चढ़ाना; (ला०) कृत्रिम शिष्टाचार दिखाना; (बाह्य शिष्टाचारके आवरणमें) चरित्र छिपाना।

veneficious a. विषाक्तकारी, विष देनेवाला।

venenation n. विषाक्तीकरण; विषाक्तता।

venerability, venerableness nn. श्रद्धा, भक्ति, मान, आदर, पूजा; श्रद्धेयत्व, मान्यता, माननीयता, आदरणीयता, पूज्यता।

venerable a. पूज्य, पूजनीय, मान्य, मान्यवर, माननीय, सम्माननीय, श्रद्धेय, श्रद्धास्पद, आदरणीय, आदरयोग्य, भक्ति-भाजन (~ *priest, river*)।

venerableness n. दे० VENERABILITY.

venerate v.t. श्रद्धा करना, मान करना, सम्मान करना, आदर करना, भक्ति करना, पूजा करना, मानना, पूजना।

veneration n. श्रद्धा, भक्ति, मान, सम्मान, पूजा, आदर; श्रद्धानुभव, श्रद्धा या भक्ति अनुभव करनेकी क्षमता (*organ of* ~)।

venerator n. श्रद्धालु व्यक्ति, श्रद्धावान् व्यक्ति, भक्त, सम्मान करनेवाला, मान करनेवाला, आदर करनेवाला, पूजनेवाला।

venereal a. रति-, रतिज, रति-सम्बन्धी, कामी, सम्भोगीय, सम्भोगका, यौन, मैथुन-विषयक (जैसे, ~ *desire*); ~ disease रतिरोग, यौनरोग, फिरंग रोग।

venereology n. रतिरोग विज्ञान, यौन रोग शास्त्र।

venery[1] n. (प्रा०) आखेट, अहेर, मृगया, शिकार।

venery[2] n. रति, सम्भोग, मैथुन, विषय-भोग।

venesect v.t. & i. = PHLEBOTOMIZE.

venesection n. = PHLEBOTOMY.

Venetian[1] n. वेनिस-निवासी, वेनिसका रहनेवाला; (प्रायः वेनिसकी) झिलमिली, चिक।

Venetian[2] a. वेनिस देशका, वेनिस देश-विषयक, वेनिसी, वेनेशियन *(~ carpet, glass)*; ~ blind चिक, झिलमिली; ~ mast सर्पिल ढंगसे निर्मित स्तम्भ; ~ pearl कड़ा नकली मोती; ~ window तीन दरवाली खिड़की, अगल-बगल छोटी खिड़कियोंवाली खिड़की।

venetianed a. झिलमिलीदार।

vengeance n. प्रतिहिंसा, प्रतिशोध, प्रतिवैर, वैरशुद्धि, प्रतिकार, प्रत्यपकार, वैर-साधन, बदला *(took a bloody ~ on the murderer)*; *with a* ~ उत्कट

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

रूपमें, भीषण रूपमें, उग्र रूपसे, तीक्ष्ण रूपसे, तीव्र रूपसे; प्रतिहिंसाके भावसे, बदलेकी भावनासे।

vengeful a. प्रतिहिंसक, प्रतिशोधपूर्ण, प्रतिहिंसापरायण, प्रत्यपकारशील, प्रतिशोधशील, वैरसाधनतत्पर, बदला चाहनेवाला।

venial a. (पाप या अपराध) मर्षणीय, उपेक्ष्य, क्षम्य, क्षन्तव्य, मार्जनीय, क्षमायोग्य, माफ करने योग्य; अनिन्द्य; (धर्मशा०) अनश्वर, अविनाशी, अमर्त्य, अमर।

veniality, venialness nn. क्षम्यता, क्षन्तव्यता, मार्जनीयता, माफ किये जानेकी स्थिति।

Venice n.(गुण०)=VENETIAN,(~ *glass, treacle*)।

venison n. मृगमांस, हरिण-मांस।

vennel n. वीथिका, वीथी, गली।

venom n. विष, दंशविष, सर्पविष, गरल, जहर; (ला०) द्वेष, ईर्ष्या, मत्सर, वैर, डाह, जलन, दुश्मनी।

venomed a. विषयुक्त, विषाक्त, दंशविषमय, सर्पविष-युत, विषैला, जहरीला; ईर्ष्यालु, द्वेषयुक्त, डाहवाला।

venomous a. सविष, विषाक्त, विषधर, विषैला, दंश-विषमय, जहरीला (~ *snake*); विद्वेषपूर्ण, अनिष्टकर।

venomousness n. विषाक्तता, विषधरता, दंश-विषमयता, सर्पविषमयता; द्वेषत्व, ईर्ष्यालुता, डाह, जलन।

venose a. = VENOUS.

venosity n. शिराश्रितता, शिरासंक्रान्ति, शिरीयता, धमनीयुक्तता, नसीलापन।

venous, -ose aa. (श० र० शा०, जीववि०, वन०) शिराश्रित, शिरासक्रान्त, शिरीय, शिरा-विषयक, नीला-, नाड़ीका, धमनीका, नस-सम्बन्धी, नसीला (~ *appendage, pressure*); ~ blood शिरा-रुधिर, शिरा-वाहित (अशुद्ध) रक्त; ~ system शिरातन्त्र।

vent[1] n. रन्ध्र, छिद्र, वातिछिद्र, छेद, सूराख; निर्गम, द्वार, निर्गमन, निःसारण (~ *pipe*); धुँआरा (चिमनी-का सूराख); (ला०) निकास (*gave free ~ to his indignation*); बन्दूककी नली; तोपका प्याला; (ऊदबिलाव इत्यादिकी) बिल, माँद; प्रकाशन, निःसारण, निकलाव; ~-faucet नल; *give ~ to* (विशे० साँस या क्रोध इत्यादि) व्यक्त करना, निःसारित करना, निकालना, छोड़ना।

vent[2] v.t. & i. (बन्दूक या पीपे आदिमें) छिद्र बनाना, छेद करना; स्वतन्त्रतापूर्वक कहना, प्रकट कर देना, खुल-कर कहना (~*ed his disgust in an epigram*); (ऊदबिलाव आदिका) पृथ्वीकी सतहपर आकर साँस लेना; निःसरण करना, निकालना, खोलना, छोड़ना।

vent[3] n. विक्रय, बिक्री; खपत, माँग।

ventage n. (बाजे इत्यादिका) रन्ध्र, छिद्र, सूराख।

venter n. (श० र० शा०) जठर, उदर, पेट; नतोदर, तोंद, धधः (कानून) भ्रूणस्थल, गर्भाशय, गर्भकोष, अण्डधानी, कुक्षि, कोख, बच्चेदानी, धरन; जननी, जन्मदात्री, माता, माँ, मैया, अम्बा, अम्मा।

ventiduct n. वातायन, हवादान, (विशे० खानमें) वायुमार्ग।

ventil n. वायुकपाट (वाद्ययन्त्रमेंका)।

ventilate v.t. (कमरे इत्यादिमें) वायु संचारित करना, वायुसे शुद्ध करना, वायुसे परिष्कार करना, पंखा करना, हवा देना, हवादार करना, हवासे साफ करना; (रक्तमें) ओषजन या आक्सीजन देना, हवा भरना; (विचारार्थ) जनताके सामने प्रश्न रखना, प्रसारित करना, खुले आम करना; आलोचना करना, समालोचना करना।

ventilated a. वायुव्याप्त, संवातित, हवादार किया हुआ; व्यक्त, प्रसारित, प्रकट।

ventilating १. n. संवातन, हवादार करनेकी क्रिया; २. a. संवाती (~ *pores, shaft*)।

ventilation n. संवातन, वायुसंचारण, वायुसंचालन, हवा देनेकी क्रिया; प्रकटन, प्रकाशन; घोषणा; वाद-विवाद, बहस।

ventilative a. संवातनीय, संवात-सम्बन्धी, वायु-संचालन-सम्बन्धी, हवादार।

ventilator n. वातायनी, संवातक, संवातायन, वायु-मार्ग, प्रकाशमार्ग, रोशनदान; वायुसचारक यन्त्र, पंखा।

ventless a. रन्ध्ररहित, छिद्रहीन, बेसूराख।

ventose a. वातमय, वायुपूर्ण, हवादार।

ventosity n. वातमयता, वायुपूर्णता, हवादारी; व्यर्थ अहंकार, थोथा घमण्ड।

ventral[1] n. उदर; उदरस्थ वस्तु, पेटमेंकी चीज।

ventral[2] a. (जन्तुवि०,वन०) उदर-, अभ्युदरीय, औदर्य, उदर-सम्बन्धी, उदरिक, उदरीय, जाठर, पेटका (~ *fixation*); कौक्षेय, कुक्षिक, गर्भाशयीय, गर्भकोषका; अधर, नीचेका (~ *root, surface*); अक्षीय; प्रतिपृष्ठ।

ventricle n. (श० र० शा०) कोष्ठक, गुहा, निलय, खाना (~*s of the brain*); हृत्प्रकोष्ठ, हृद्वेश्म; प्रवेश्म, पश्चवेश्म; विदर, द्वार।

ventricose, -ous aa. तोंदवाला; (वन०) निकला हुआ, बीचमें उभरा हुआ।

ventricular a. कोष्ठकीय, निलयिक, निलय-विषयक, गुहीय, गुहा-सम्बन्धी, प्रकोष्ठकीय, हृत्प्रकोष्ठकीय; ~ system गुहासंहति।

ventriculogram n. (चिकि०) मस्तिष्क-गुहाचित्र।

ventriculous a. कोष्ठकमय, प्रकोष्ठात्मक, हृत्प्रकोष्ठा-त्मक, निलययुक्त, गुहादार।

ventrilocution, ventriloquy nn. ध्वनि-स्थानान्तरण, दूरान्तरित ध्वनि।

ventriloquial, ventriloquistic, ventrilo-quous a. ध्वनि-दूरान्तरण-सम्बन्धी; शब्दजाल-सम्बन्धी।

ventriloquism n. ऐन्द्रजालिक वाणी, गरुड़वाद; शब्द-स्थानान्तरण, ध्वनि-दूरान्तरण।

ventriloquist n. गरुड़वादी, वाक्यस्थानान्तरकलाविद्, शब्द-स्थानान्तरण-विशारद।

ventriloquistic a. = VENTRILOQUIAL.

ventriloquize v. i. शब्द-स्थानान्तरण करना, ध्वनि

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

बदलकर बोलना ।

ventriloquy n. = VENTRILOCUTION.

ventripotent a. लम्बोदर, स्थूलोदर, लम्बे पेटका ।

ventrointestinal a. अन्त्राधर, आँतके नीचेका (~ *vessel*) ।

venture[1] n. साहस, संकट, खतरा, जोखिम (*ready for any* ~); साहसिक कार्य, साहस-क्रिया, संकटका कार्य, जोखिमका काम, खतरेका काम (*declined the* ~); (वाणिज्यमें) खेप, टांडा; सट्टा (*one lucky* ~ *made his fortune*); संकटग्रस्त वस्तु, संकटग्रस्त सम्पत्ति, खतरेमें पड़ी हुई चीज; उपक्रम; भाग्य, प्रारब्ध; *at a* ~ बिना सोचे-विचारे, उटपटाँग, अटकल-पच्चू ।

venture[2] v.t. & i. निर्भय होना, अभय होना, निडर होना; साहस करना, हिम्मत पड़ना, हिम्मत करना, दम बाँधना (*did not* ~ *to stop him*); साहस बँधाना, हिम्मत बँधाना, दम देना; साहस देना, संकट उठाना, जोखिम उठाना; संकटमें डालना, जोखिममें डालना, खतरेमें डालना (*will* ~ *his life for the cause*); हिम्मत करके रखना (*would not* ~ *an opinion*); ~ *on, upon* हिम्मतसे करना (*shall* ~ *on a mild protest*) ।

venturer n. (इति०) साहसिक व्यक्ति. साहसी व्यक्ति, हिम्मती आदमी, जोखिमका काम करनेवाला ।

venturesome a. साहसिक, साहसपूर्ण, वीर, दिलेर, हिम्मतवाला; संकटमय, खतरेवाला, जोखिमका ।

venturesomeness n. साहसिकता, साहस, वीरता, साहसीपन, हिम्मतीपन; संकट, जोखिम, खतरा ।

venturous a. = VENTURESOME.

venturousness n. = VENTURESOMENESS.

venue n. (कानून) स्थल, घटनास्थल, अपराधस्थल, मौका; मिलनभूमि, वार्तास्थल, वार्तास्थान; (अभियोगका) प्रकथन, बयान, जिमनी ।

venule n. शिरिका, नाडिका, छोटी नस ।

Venus n. (रोमन पुराण) रतिदेवी, प्रेमकी देवी वेनस; शुक्र; रति, काम, वासना, शारीरिक प्रेम, सम्भोग-सम्बन्धी प्रेम, रति-कामना; लावण्यमयी स्त्री, सुन्दरी रमणी; (जीववि०, समुद्री) गोलकम्बुक; pandemian ~ वासनात्मक प्रेम, वासना; uranian ~ आध्यात्मिक प्रेम; ~'s fly-trap रतिकूट (एक पौधा जिसकी पत्तियों-में बैठनेसे छेद हो जानेके कारण कीड़े फँस जाते हैं); ~'s-hair कन्याकेशी (पर्णांग) ।

veracious a. सत्यवादी, सत्यभाषी, सत्यसिन्धु, सत्यनिष्ठ, सत्यवान्, सत्यव्रती, सच्चा, ईमानदार; यथार्थ, यथातथ्य, सच-सच ।

veracity n. सत्यवादिता, सत्यभाषिता, सत्यनिष्ठा, सत्यवत्ता, सत्यव्रतित्व, सत्यशीलता, सच्चाई; याथार्थ्य, यथातथ्यता ।

veranda(h) n. अलिन्द, अन्तरावेदी, वरण्ड, वराण्डा, बरामदा, दालान, ओसार, ओसारा, बारजा ।

veratrine n. कटुशृंगरस, कुटकीका विष-रस ।

verb n. (व्या०) क्रिया, क्रियापद (*auxiliary, copulative, deponent, intransitive, reflexive, transitive,* ~) ।

verbal[1] n. क्रियार्थक संज्ञा ।

verbal[2] a. (शिथिल अर्थमें) वाचनिक, मौखिक, मुखाक्षरी, अलिखित, कथित, जबानी (*communication, evidence*); क्रियाघटित; शब्दघटित, वाचिक, शाब्दिक, शब्दका (~ *alteration*); (अनुवाद आदि) अक्षरशः, आक्षरिक, शब्दशः; (व्या०) क्रिया-विषयक, धात्वीय, धातु-सम्बन्धी (~ *inflexions*); ~ note (कूटनीति) हस्ताक्षररहित स्मरणपत्र; ~ noun क्रियार्थक संज्ञा ।

verbalism n. शब्द-चिन्ता, शाब्दिक समीक्षा, शब्दालोचना, शब्दोंकी छानबीन; वाचिकता, शाब्दिकता; कथित वाक्य, बात ।

verbalist n. शब्दचिन्तक, शब्दशोधक, शब्दसमीक्षक, शब्दालोचक, शब्दोंकी छानबीन करनेवाला ।

verbality n. शब्दबहुलता, शाब्दिकता; शब्दाडम्बर, शब्दजाल; वाचनिकता, मौखिकता, मुखाक्षरिता, अलिखितता, कथितता, जबानीपन ।

verbalization n. (संज्ञादिका) क्रियापद-परिवर्तन, क्रियाकरण, क्रिया बनाना ।

verbalize v.t. & i. (संज्ञादिको) क्रियापदमें परिवर्तित करना, क्रियारूपमें बदलना, क्रियारूप बनाना या बनना, क्रिया बनाना; शब्दपूर्ण होना, बहुशब्दयुक्त होना ।

verbally a. & adv. अविकल, पदानुपद, शब्दशः, शाब्दिक, यथाशब्द, अक्षर-अक्षर; अलिखित रूपसे, मौखिक रूपसे, मुँहसे, जबानी ।

verbarian n. शब्दरचयिता, नये शब्द गढ़नेवाला ।

verbatim a. & adv. अविकल, पदानुपद, शब्दशः, शाब्दिक, यथाशब्द, अक्षरशः, अक्षर-अक्षर (*copied it* ~, ~ *report*) ।

verbena n. भेकपद-प्रजाति, (वरबीना जातिका एक पौधा-विशेष); भेकपद, वरबीना (*lemon-*~) ।

verberation n. ताड़न, पिटाई; मुक्का, घूँसा ।

verbiage n. = VERBOSITY.

verbicide n. (हास्य०) शब्दहत्या, शब्दघात ।

verbify v.t. क्रिया बनाना, क्रियारूप देना, क्रियाके रूपमें प्रयोग करना ।

verbigerate v.t. निरर्थक शब्दोंका प्रयोग करना ।

verbigeration n. निरर्थक शब्दावृत्ति, बेकार शब्दोंका बार-बार प्रयोग ।

verbose a. वाग्बहुल, शब्दबहुल, शब्दगर्भित, शब्दाडम्बरपूर्ण; अतिविस्तीर्ण ।

verboseness n. वाग्बहुलता, शब्दबहुलता, शब्दगर्भिता, शब्दाडम्बरपूर्णता शब्दाधिक्य ।

verbosity n. वाग्विस्तार, वाग्बाहुल्य, वाक्प्रपंच, शब्दबाहुल्य, शब्दाडम्बर, शब्द-प्राचुर्य, शब्दाधिक्य ।

verboten a. निषिद्ध, प्रतिषिद्ध, रोका हुआ, मना ।

verdancy n. शाद्वलता, श्यामलता, हरितत्व, हरापन, हरियावल, हरियाली, ताजगी; अपरिपक्वता, कच्चापन,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अनुभवहीनता, अनाड़ीपन।

verdant a. (घास इत्यादिके लिए) श्यामल, हरित, हरा, सब्ज; (मैदान आदिके लिए) शाद्वल, हरियालीवाला, हरा-भरा (~ *zones*); ताजा; (व्यक्ति आदिके लिए) अपरिपक्व, अनुभवहीन, भोला, कच्चा, अनाड़ी।

verd-antique n. हरा बिल्लौरी पत्थर; पत्थरका हरा नग, जड़ाऊ हरा पत्थर; कमीस।

verderer, -or n. वन-न्यायाधिकारी; वनपाल, वन-रक्षक, जंगलका रखवाला।

verdict n. विनिश्चय, संविनिश्चय, अधिनिर्णय, अन्तिम निर्णय, अधिमत, पंचनिर्णय, फैसला (*brought in a ~ of not guilty*); विचार, विचार-निष्पत्ति, मत, राय (*the ~ of the public was in its favour*); व्यवस्था, फतवा; सिद्धान्त; partial ~ आंशिक अपराधका निश्चय; special ~ न्याय-सभ्योंका निर्णय।

verdigris n. हरिकी, अवपीतातिहरि; ताम्रमल, ताम्र-किट्ट, ताम्रकलंक, ताँबेका मुरचा, ताँबेका जंग; कलक।

verditer n. ताम्र वर्ण, मटमैला रंग; तूतिया, नीला थोथा।

verdure n. निपीतातिहरि, हरिद्वर्ण, शाद्वलता, हरियाली, हरापन, सब्ज रंग; शाद्वल उद्भिद्, हरित उद्भिज्ज, नवतृणपत्रादि, हरी वनस्पति, सब्जी; (ला०) हारित्य, प्रफुल्लता, ताजगी।

verdured a. श्यामल, शाद्वल, हरित, हरा।

verdureless a. अहरित, बेहरा, बिना हरियाली, सूखा।

verdurous a. श्यामल, शाद्वल, हरा-भरा, हरियाली-वाला, हरा; ताजा।

verecund a. नम्र, विनम्र; लज्जालु, लजीला, शर्मीला।

verecundity n. नम्रता, विनम्रता; लज्जालुता, लजीलापन, शर्मीलापन।

Verey n. VERY[1] का परिवर्तित रूप।

verge[1] n. प्रान्त, पर्यन्त, तीर, तट, सीमा, किनारा, हद; क्षितिज; (धर्माध्यक्षों या बिशपोंके सम्मुख उपस्थित किया जानेवाला) अधिकार दण्ड, चोब, बल्लम; कार्यालयचिह्न, दफ्तरका निशान; (यन्त्रोंको जोड़नेवाला) धातु-दण्ड; (स्था०) स्तम्भका प्रमुख भाग; (तिकोनिया दीवारके ऊपर छाये हुए) खपड़ोंका किनारा; (इति०) मार्शलका अधिकारक्षेत्र; *on the ~ of* के समीप, के लगभग, के किनारे (जैसे, *she was on the ~ of destruction, betraying her secret*)।

verge[2] v. i. अधःप्रवृत्त होना, नीचेकी ओर (उन्मुख होना, नत होना, ढुलकना, झुकना (~ *towards old age*); ~ *on* एकदम समीप पहुँचना, किनारेपर लगना (*path ~s on the edge of a precipice*)।

vergee n. (चैनल द्वीपसमूहमें) एक भूमाप = २१५० वर्ग फुट।

verger n. दण्डी, दण्डधर, दण्डधारी, वेत्रधारी, चोबदार; (गिरजेका) अधस्तन कर्मचारी, लोगोंका स्थान-निर्देश करनेवाला कर्मचारी।

vergership n. वेत्रधारीका पद, दण्डधारिता, चोबदारी, बल्लमबरदारी।

vergiform a. दण्डाकार, चोब जैसा, बल्लम-सा।

veridical a. सत्यवक्ता, सत्यवादी, सत्यव्रती, सत्यशील, सत्यनिष्ठ, सच्चा; (मनोविज्ञान, अध्यात्म इत्यादि) यथार्थ, तथ्यानुकूल, सत्यानुकूल, सत्ययुक्त।

veridicality n. सत्यवक्तृता, सत्यवादिता, सत्यव्रतित्व, सत्यशीलता, सत्यनिष्ठा, सत्य, सच्चाई; यथार्थता, तथ्यानुकूलता, सत्यानुकूलता।

veridicous a. सत्यवादितापूर्ण, सच्चाईसे भरा हुआ, सच्चा; यथार्थ, ठीक, सही।

veridity n. सत्यता, यथार्थता, तथ्यानुकूलता, सत्यानुकूलता।

veriest a. अत्यधिक, अधिक-से-अधिक।

verifiability n. सत्याप्यता, निश्चेयता, सत्याकार्यता, सत्यसाधनीयता, प्रमाण्यता, यथार्थता।

verifiable a. सत्याप्य, निश्चेय, सत्याकार्य, प्रमाण्य, प्रमाणित करने योग्य; समर्थनीय।

verifiableness n. = VERIFIABILITY.

verification n. सत्यसाधन, सत्याकार, सत्यापन, निश्चयन, सत्यसमर्थन, प्रमाणन; मिलान; जाँच; पड़ताल; ~ certificate, ~ marks, ~ register, ~ report, ~ statement.

verificatory a. सत्यापी, सत्योद्घाटक, सत्यनिरूपक, यथार्थप्रतिपादी, समर्थनकारी।

verified a. सत्यापित, प्रमाणित, समर्थित (~ *claim, copy*); मिलाया हुआ (~ *account*)।

verifier n. सत्यापक, सत्योद्घाटक, सत्यनिरूपक, यथार्थ-प्रतिपादक, सच्चाईकी छानबीन या जाँच करनेवाला।

verify v.t. सत्यापन करना, सत्यसाधन करना, सत्यस्थापन करना, सत्य प्रमाणित करना, सत्यनिरूपण करना, सत्योद्घाटन करना, सत्यान्वेषण करना, यथार्थ खोजना, सच्चाईकी छानबीन करना; मिलाना, मिलान करना (*must ~ his figures*); (कार्य और घटनाका) पूर्ण करना, पूरा करना, भरना; सिद्ध करना, सत्याकार करना, समर्थन करना; हलफनामामें पुष्टि करना, तसदीक कराना।

verifying a. सत्यापी (~ *officer*)।

verily adv. (प्रा०) वस्तुतः, सत्य, सच, सचमुच, यथार्थमें, वास्तवमें, निश्चय ही, अवश्य, दरअसल, जरूर।

verisimilar a. सत्यवत्, सत्य-सदृश, सत्याभासी, सत्य-सम, सम्भव, यथार्थकी तरह, सच-सा।

verisimilitude n. सत्याभास, सत्य-सादृश्य, सम्भावना (*the ~ of the tale*); सत्य होनेकी हवा, अफवाह।

veritable a. प्रकृत, वास्तविक, यथार्थ, सत्य, ठीक-ठीक, सचमुचका (*the ~ boon*)।

veritas n. फ्रांसीसी पोत-पंजी।

verity n. सत्य, सत्यता, यथार्थता, वास्तविकता, सचाई; सत्य प्राक्कथन, सच्चा बयान; सत्य वस्तु, वास्तविक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

१६२३ Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

पदार्थ, यथार्थ बात *(these things, alas! are ~ies)*; *of a* ~ (प्रा०) यथार्थतः, वस्तुतः, वास्तवमें, सचमुच, ठीक ही।

verjuice n. अम्लद्राक्षारस, खट्टे अंगूरोंका अम्ल, सिरका।

verjuiced a. अम्लद्राक्षामय, खट्टे अंगूरोंके अम्लसे मिश्रित, सिरकेवाला।

vermeil n. (नारंगी रंगका) लाल मणि; चाँदीका मुलम्मा; (मुलम्मेपर लगाया जानेवाला) रोगन, वार्निश; (का०) सिन्दूर, ईंगुर; लालरंग, सिन्दूरी रंग।

vermeology n. (अप्र०) = HELMINTHOLOGY.

vermian a. शलभीय, कृमि-विषयक, कीट-सम्बन्धी, कीड़ेका; शलभवत्, कृमि-सदृश, कीट-सदृश, कीड़े-जैसा।

vermicelli n. नालाशिका, सेव, सिवैयाँ।

vermiceous a. शलभीय, कृमि-विषयक, कीट-सम्बन्धी, कीड़ेका।

vermicidal a. कृमिनाशी, कृमिनाशक-ओषधि-सम्बन्धी, कीटान्तक दवाका।

vermicide १. n. कृमिनाशी, कृमिघ्न ओषधि, कृमिनाशक ओषधि, कीटान्तक दवा, कीटमार; २. a. कृमिघ्न, कृमिनाशी, कीटमार।

vermicular a. कृमिल, कृमि-सदृश, कृमिवत्, कीट-सदृश, कीटकाकार, कीड़ेकी तरहका; कीट-भक्षी-सा, कृमि-भोजी-सा, कीड़े-खोर-सा; घना लहरियादार, घनी लहरदार रेखावाला।

vermiculate a. = VERMICULAR.

vermiculated a. कीटभुक्त, कीड़े खाया हुआ।

vermiculation n. कीटाक्रान्त होना, कीटाकीर्ण होना, कीड़ा लगना, कीड़े द्वारा खाया जाना; कीटमें परिणत होना, कीड़ा हो जाना, कीड़ेमें बदल जाना; कृमिगति, कीटगति, कृमि-सदृश गति; कीटभुक्त अवस्था, कुलबुलाहट।

vermicule n. कृमिक, छोटा कीड़ा।

vermiculite n. कृम्यभ्रक, कीटाभ्राश्म।

vermiculous a. कृमीय, कृमि-विषयक, कीट-सम्बन्धी; कृमिवत्, कीट-सदृश; कृमियुक्त, कीड़ेदार।

vermiform a. कृमिरूप, कृम्याकार, कीटकाकार, कीड़ेके आकारका *(~ appendix)*।

vermifuge a. & n. कृमिनाशी, कृमिहर, कृमिघ्न औषध, कृमिनाशक दवा, कीटमार।

vermigrade a. कृमिगामी, कीड़े-जैसा रेंगनेवाला।

vermilion[1] n. कीटवर्ण; रक्त हिंगुल, सिन्दूर, सेंदुर, ईंगुर; ~ red सिन्दूरी लाल रंग।

vermilion[2] v.t. सिन्दूरमें रँगना, सिन्दूरी रंगमें रँगना; सिन्दूर लगाना।

vermilion[3] a. रक्त, शोण, सिन्दूरी, सेंदुरी, ईंगुरी।

vermin n. जन्तुहन्तक; कृषिनाशक जन्तुवर्ग; पीड़क जन्तुक, दुष्ट कीट, हानिकारक कीड़े; (ला०) दुष्ट व्यक्ति, नीच व्यक्ति, खूँखार आदमी, मूजी आदमी, कमीना आदमी *(the ~ that infest race-courses)*।

verminate v.i. जन्तुकबहुल होना, कीटाकुल होना, कृमि पैदा करना।

verminous a. कीटमय, कीटजनक, कीड़ोंसे भरा; कृमिज, कीटजन्य, कीड़ोंसे पैदा की हुई; दुष्ट, नीच, मूजी, कमीना, पाजी।

vermiparous a. कीटोत्पादी, कीड़े पैदा करनेवाला।

vermivorous a. कीटाशी, कृमिभोजी, कीड़े खाऊ।

verm(o)uth n. सुरभिरा (नागदौन आदि कड़वी बूटियोंसे बनी हुई सफेद शराब)।

vernacular[1] n. देशभाषा, स्थानीय भाषा, प्राकृत भाषा, जनपदीय भाषा, देहाती बोली, वर्नाकुलर।

vernacular[2] a. देशी, स्वदेशी, स्थानीय, घरेलू, देशी, देहाती।

vernacularism n. देशीभाषावाद, जनभाषावाद।

vernacularist n. देशभाषा-लेखक, स्थानीय-भाषा-लेखक, देशी भाषाका जानकार।

vernacularity n. (भाषाओं आदिका) देशीपन, देहातीपन।

vernacularization n. (भाषा आदिका) स्थानीयकरण, देशीकरण।

vernacularize v.t. देशी भाषाके रूपमें बनाना, स्थानीय भाषाके साँचेमें ढालना।

vernal a. वासन्त, वासन्तिक, वासन्ती, वसन्ती, माधवी, वसन्तकालीन, बहारका; ~ equinox वसन्त विषुव; ~ fever मलेरिया; ~ signs मेषादि राशित्रय; ~ breezes, ~ flowers, ~ grass, ~ migration, ~ outburst.

vernalization n. पुष्पावेजन, वसन्त-प्ररोहण।

vernation n. (वन०) परस्परता, कलिपारस्पर्य, कलिकान्तःपर्ण-पारस्पर्य, पत्रपारस्पर्य, पत्रकलिकान्तर्गत रचना, पर्णक स्थिति, वर्नेशन।

vernier n. अनुश्रेणी, अनुमापी, सचल लघुमाप (~ *division*)।

veronal n. उपशामक ओषधि, अवसादक ओषधि।

Veronese a. & n. वेरोना-सम्बन्धी, (इटलीके नगर) वेरोनाका (निवासी)।

veronica n. वेरोनिका (जल्दी उगनेवाला एक पुष्पवृक्षक); महात्मा ईसाकी मूर्त्तिवाला कपड़ा।

verruca n. चर्मकील, मुहासा।

verrucose, -ous aa. कीलबहुल, कीलाकीर्ण, कीलयुक्त।

versant[1] n. ढालू भूमि।

versant[1] a. परिचित, ज्ञानी, जानकार।

versatile a. बहुविध, बहुश्रुत; बहुशास्त्रकुशल; सर्वतोमुखी, बहुमुखी (~ *author, mind*); सुगमतासे एक पेशेसे दूसरी ओर मुड़नेवाला; (वन०, जीववि०) दोलक, परिदोली, मध्यदोली, मध्यलग्न, मध्यस्पर्शी, भ्रमणानुकूल (~ *spindle*); परिवर्तनशील, परिवर्तनीय, परिवर्तनक्षम, लोल, चंचल, चपल, अस्थिर (~ *head*); लोलमति, चंचलबुद्धि।

versatileness n. = VERSATILITY.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

versatility n. सर्वतोमुखी प्रतिभा, बहुविद्या, बहुमुखी प्रतिभाशीलता, बहुशास्त्रज्ञता; (वन०, जीववि०) परिदोलिता, मध्यदोलिता, मध्यलग्नता, मध्यस्पर्शिता; परिवर्तनशीलता, परिवर्तनीयता, परिवर्तनक्षमता; लौल्य, लोलता, चंचलता, चपलता, अस्थिरता।

verse[1]* n. (छन्दका) पाद, चरण, पंक्ति, कड़ी (*quoted several ~s from the Iliad*); छन्द, श्लोक, पद, पद्य*, काव्य, कविता (*what is not prose is ~*); संक्षिप्त स्तोत्र-वाक्य (बाइबिलके अध्यायोंका) विभाग, उपविभाजन; ~-monger तुक्कड, तुकबाज, गन्दा पद्य-लेखक, तुकबन्द कविता लिखनेवाला; ~-mongering गन्दा या भद्दा पद्य-लेखन।

verse[2] v.t. & i. पद्यबद्ध करना या होना, छन्दोबद्ध करना या होना, कवितावद्ध करना या होना।

versed a. अधिविद्य, अभिज्ञ, दक्ष, पटु, प्रवीण, निपुण, विशारद, निष्णात, कुशल, अनुभवी, जानकार।

verselet n. क्षुद्र छन्द, छोटी कविता या पद्य।

versicle n. संक्षिप्त कविता, संक्षिप्त पद्य।

versicoloured a. शबल, चित्र-विचित्र, रंग-विरंगा।

versicular a. छान्दिक, छन्द सम्बन्धी, पद्य-सम्बन्धी, कविता-सम्बन्धी; ~ division छान्दिक विभाजन, छन्दोविभाग, पद-विभाजन।

versification n. छन्दोविन्यास, श्लोकरचना, काव्यसर्जना, पद्यरचना।

versificator n. पद्यकार, छन्दरचयिता, कठकवि।

versifier n. कवि, काव्यरचयिता, पद्यलेखक।

versiform a. विभिन्नाकृति, विभिन्नाकार, अलग-अलग आकारका।

versify v.t. & i. (गद्यको) छन्दोबद्ध करना, पद्यबद्ध करना, छन्दमें बदलना; श्लोकरचना करना, कविता करना, छन्द बनाना, पदरचना करना।

version n. पाठ; भाषान्तर, भाषान्तरण, अनुवाद, उल्था; भाषान्तरित पुस्तक, अन्य भाषामें अनूदित पुस्तक; (प्रायः पाठशालाओंमें अभ्यासार्थ) अनुवाद अंश; वर्णना, विवरण (*now let me have your own ~ of the affair*); (प्रसवकालमें गर्भाशयके भीतर) बच्चेको सीधा करना या घुमाना; संस्करण; वर्तन; Authorized V~ बाइबिलका अधिकृत अनुवाद; Revised V~ पुनरीक्षित पाठ, संशोधित अनुवाद।

versional a. भाषान्तर-सम्बन्धी, भाषान्तर-विषयक, पाठान्तरीय, अनुवाद-सम्बन्धी, अनुवादका; विवरण-सम्बन्धी, लेखा-जोखाका।

versionist n. अनुवादक, उल्था करनेवाला।

verslibrist n. अछन्द-कविताकार।

verso n. (pl. *-s*) (पुस्तक) वाम पृष्ठ, बायाँ पृष्ठ; (सिक्केका) विलोम, विपरीत पक्ष।

verst n. (३५०० फुटका एक प्राचीन रूसी नाप), वरसेट, लगभग २/३ मील।

versus prep. प्रति, विरुद्ध, बनाम।

versute a. धूर्त्त, मक्कार, काइयाँ, घाघ।

vert[1] n. (कानून, इति०) जीवित वनस्पति, जिन्दा पेड़; हरियाली; (जंगलके) हरे वृक्षोंका अधिकार; चमचमानेवाला या चमकनेवाला हरा रंग।

vert[2] n. (बोल०) धर्म-परिवर्तक मनुष्य, स्वधर्म-त्यागी, CONVERT।

vert[3] v. i. धर्मपरिवर्तन करना, बदलना।

vertebra n. (pl. *-e*) पृष्ठवंशास्थि, कीकस, कशेरु, कशेरुक, कसेरुका, मेरुदण्ड, रीढ़की हड्डी; false ~ अनस्थ मेरु; true ~ नस्थ मेरु।

vertebral a. कीकस-, कीकसीय, कशेरुकीय, कशेरुका, मेरुदण्डीय, रीढ़वाला (*~ artery, riug*)।

vertebrate[1] n. पृष्ठवंशी, मेरुदण्डीय पशु, पृष्ठवंशीय पशु, रीढ़दार जानवर।

vertebrate[2], **-ed** a. मेरुदण्डात्मक, कशेरुकी, पृष्ठवंशयुत, कशेरुकायुक्त, रीढ़दार।

vertebration n. कशेरुकातन्त्र, मेरुगठन; मेरुदण्डवत् खण्डोंमें विभाजन।

vertex n. (pl. *-ices*) शीर्ष, शिखा, शिखर, मूर्धा, चूड़ा, चोटी (*~ structure*); शीर्षबिन्दु, शिरोबिन्दु, राशि, सर्वोच्च आकाशबिन्दु; पराकाष्ठा; (श० र० शा०) अग्र, अग्रभाग; (रेखा ग०; त्रिभुजका) शीर्षबिन्दु, कोणबिन्दु (*~ of an angle*)।

vertical[1] n. शीर्षवृत्त, शिरोवृत्त, दिगंशवृत्त, उदग्र वृत्त; अनुलम्ब समतल, उदग्र समतल, ऊर्ध्वाधर, समतल, खड़ी रेखा।

vertical[2] a. शीर्षस्थानीय, शीर्षका, शिखरका, चोटीका; लम्बमान, उदग्र, ऊर्ध्व, ऊर्ध्वाधर, लम्बात्मक, लम्बरूप; (श० र० शा०) शीर्ष-, मूर्ध-, शीर्ष-सम्बन्धी, चाँदका; ~ angle शीर्षकोण;

~ axis, ~ circle, ~ clearance, ~ combination, ~ curve, ~ distance, ~ fault, ~ height, ~ interval, ~ line, ~ motion, ~ plane, ~ position, ~ pressure, ~ section, ~ shaft.

verticality n. शीर्षता, उदग्रता, ऊर्ध्वता, ऊर्ध्वाधरता, लम्बात्मकता।

verticalness n. = VERTICALITY.

verticil n. भ्रमि, चक्र, चक्कर, घुमाव।

verticillate a. वक्रित, चक्रित, घूर्णित, घूर्णायमान, चक्करदार, घुमावदार (*~ leaf*)।

vertiginous a. घूर्णमान, घूमता हुआ, चक्कर खाता हुआ, चक्कर पैदा करनेवाला।

vertiginousness n. घूर्णन, घूर्णमानता, घूम, चक्कर, घुमेर, भँवर, चकराहट।

vertigo n. (pl. *-s*) भ्रामर, शिरोघूर्णन, घूर्णिरोग, घुमरी, सिरका चक्कर, सिरका दौरा, भौंरी; essential ~ अकारण चक्कर।

vertu n. = VIRTU.

vervain n. भेकपद, वर्वेन (वरबीना जातिका फूलोंका पौधा)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

१६२५ Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

verve n. प्रतिभा, कल्पना. प्रेरणा; उत्साह, ओज,आवेश, जोश; शक्ति, क्षमता, बल, साहस ।

vervel n. वलय, अँगूठी, छल्ला (विशे० पक्षियोंकी टाँगमें बँधा हुआ) ।

vervet n. (दक्षिण अफ्रीकी) बन्दर, बरबट ।

Very[1] n. (प्रायः गुणवाचक); ~ light वेरी-प्रकाश (वेरी द्वारा आविष्कृत प्रकाश); ~ pistol (युद्धस्थलमें क्षणिक प्रकाशार्थ) पिस्तौलके आकारका टार्च ।

very[2]* a. प्रकृत, यथार्थ, वास्तविक सत्य, सच्चा, सही, ठीक*, खरा, असली (जैसे, *he has grown a ~ knave*); मात्र, ही, वही*, यही, इसी (जैसे, *this is the ~ spot I found it on*) ।

very[3]* adv. पूर्णतः, पूर्णतया, सम्पूर्ण रूपसे, एकदम (जैसे, *drank it to the ~ last drop*); अति, अतिशय, अतीव, नितान्त, अत्यन्त, अधिक, निहायत, बहुत*, बहुत ही (जैसे, *a ~ dazzling effect*); ~ well बहुत अच्छा, बिल्कुल ठीक, एकदम सही ।

vesania n. विक्षिप्तता, सनक, पागलपन ।

vesanic a. विक्षिप्त, सनकी, पागल ।

vesica n. (श०र०शा०, वन०,जीववि०) वस्ति, मूत्राशय, मूत्राधार, मूत्र कोश; (स्था०) अण्डाकार चिह्न (○) ।

vesical a. मूत्राशय-, मूत्राशयी, मूत्राशय-सम्बन्धी, वस्तीय, वस्ति-सम्बन्धी (~ *reflex*) ।

vesicant, vesicatory aa. & nn. उत्स्फोटक, छाले या फफोले उठानेवाला (पदार्थ) ।

vesicate v.t. उत्स्फोटन करना, फफोले उठा देना, छाले डाल देना ।

vesication n. उत्स्फोट, उत्स्फोटन, छाले या फफोले पड़नेकी क्रिया ।

vesicatory a. दे० VESICANT.

vesicle n. (श० र० शा०, वन०, भूग०) पुट, पुटिका, आशयक, क्षुद्र स्यून, क्षुद्र कोष, शरीरस्थ छोटी थैली; चर्मस्फोट; स्फोट, जलस्फोटिका, फफोला, दाना, छाला; बुद्बुद, बुलबुला ।

vesicocele n. अर्बुद, वस्तिशोथ, मूत्राशय-वृद्धि ।

vesicotomy n. मूत्राशयकी शल्यक्रिया ।

vesicular a. आशयिक, आशयवत्, आशयात्मक, क्षुद्रस्यूनात्मक, पुटिका- (~ *blood*); पुटकमय (~ *area*); स्फोटमय, फफोलेदार, बुद्बुदमय, छालेदार; वायुकोशीय ।

vesiculate a. पुटकीय, क्षुद्रकोशीय; बुद्बुदीय, बुद्बुदेका, छालेका, दानेवाला ।

vesiculation n. पुटिकायन, पुटिक-पंक्ति, आशय-विन्यास, क्षुद्रस्यून-क्रम; बुद्बुद-क्रम, फफोलोंका ढेर, दाने निकलना ।

vesiculiferous a. आशयमय, क्षुद्रस्यूनमय, पुटक-युक्त; बुदबुद मय, छालोंवाला ।

vesiculiform a. आशयवत्, पुटकाकार, बुद्बुदाकार ।

vesiculose, vesiculous aa. आशयमय, पुटक-मय; बुद्बुदमय, छालोंवाला ।

Vespa n. बरटप्रजाति, भिड़. बर्रे ।

vesper n. (*V*~ भी) सान्ध्यतारक, शुक्र तारा, वेनस; (का०) सन्ध्या, सायं, साँझ, शाम; (बहुव०; गिरजेमें) सायंकालीन उपासनाका समय; सान्ध्यगीत, सान्ध्य-कालीन उपासना; (~*-bell* भी) सान्ध्योपासनाकी घण्टी ।

vespertine a. सान्ध्य, सन्ध्याकालीन, सायंकालीन, साँझका, शामका; (वन०) सायंकालमें विकसित होने-वाला, शामिया; (जीववि०) सायंकालमें उड़नेवाला; (ग० ज्यो०) अस्ताभिमुख, अस्तोन्मुख ।

vespiary n. भिड़ोंका छत्ता, बर्रेका घर ।

vespine a. भिड़ोंका ।

vessel* n. भाण्ड, भाजन, पात्र*, बर्तन, बासन; पान-पात्र; समुद्रयान, तरणी, नौका, नाव, पोत, वहित्र, जलयान, जहाज, किश्ती; (श० र० शा०) संवाहिनी, शिरा, नाड़ी*, नलिका, धमनी, नस, रग (विशे० *blood-~*); (वन०) रसवाहिनी, जलवाहिनी, वाहिका, वाहिनी, नाली, नली; (बाइ० अथवा अन्य प्रसंग, विशे० हास्य) प्रापक व्यक्ति, प्राप्तकर्ता, भागी, भागीदार (*chosen ~*); weaker ~ नारी, स्त्री, महिला, जनाना, औरत; *an empty ~ sounds much, makes much noise* थोथा चना बाजे घना ।

vesselful n. पात्रभर, बर्तनभर, बासनभर (वस्तु)।

vest[1] n. अन्तःपरिच्छद, अन्तर्परिधान, अन्तर्वसन, अन्तर्वस्त्र, सलूका, बंडी, बनियान; (प्रा०) वेश, वसन, वस्त्र, परिधान, वेशभूषा, पोशाक, जामा, लिबास; अँगरखा, सदरी, फतुही, वास्कट, वेस्टकोट ⊙ ।

vest[2] v.t. & i. निहित करना या होना; (अधिकार, शक्ति इत्यादि) समर्पित करना, सुपुर्द करना, हवाले करना, देना; (का०) वस्त्राभूषित करना, सज्जित करना, वस्त्र पहनाना या पहनना; ~ *in* (सम्पत्ति आदि) अधिकारमें देना, दखलमें देना ।

Vesta n. (रोमन पुराण) रोमन अग्निदेवता; (रोमकी) अन्नपूर्णा, गृहदेवी, चौकेकी देवी, वेस्ता; एक छोटा नक्षत्र, उपग्रह ।

vestal १. n. गृहदेवता (वेस्ता)से सम्बन्धित चीजें; (~ *virgin* भी) वेस्ताको समर्पित कुमारियाँ; सती स्त्री, पति-व्रता, पवित्र महिला, निष्कलंक स्त्री; संन्यासिनी, साध्वी; २.a. वेस्ता-सम्बन्धी, अग्निदेवीका; शुद्ध, पवित्र, निर्मल ।

vested a. निविष्ट, स्थित, निहित (जैसे, ~ *rights, interests, estate*) ।

vestibular, vestibulate aa. (श० र० शा०) कर्णकोटरीय, कर्णगुहा-, कानके छेदसे सम्बन्धित (~ *canal*); प्रविवरीय; दालानका ।

vestibule n. अलिन्द, ड्योढ़ी, दालान, देहली, दहलीज; दर्शक कक्ष, बड़ा कमरा; (चर्चका) द्वार-मण्डप, बरसाती; (श० र० शा०) प्रविवर, प्रगुहा, मध्यगुहा, तुम्बिकाधार, शंखस्थान, गुहा, कुटीर, कोटर, छिद्र (विशे० ~ *of the ear*) ।

vestibuled a. अलिन्दयुत, ड्योढ़ीदार, दालानदार, दहलीजदार

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

vestige n. प्रमाण, अंक, चिह्न, लक्षण, संकेत, निशान, पता (*~s of an earlier civilization*); पदांक, पदचिह्न, खोज; (शिथिल अर्थमें नकारात्मक शब्द-सहित) अणु, लव, लेशमात्र (जैसे, *has not a ~ of evidence for this assertion*); (प्राणि वि०, पूर्वज आदिका) अवशेष, अस्थिशेष; स्मृतिचिह्न ।

vestigial a. (विशे० प्राणिवि० में) अवशिष्ट, अवशेष-सदृश (*~ organ*) ।

vestigiary a. अवशिष्ट; पदचिह्न-सम्बन्धी ।

vesting n. बनियान, फतुहीका वस्त्र, वास्कटका कपड़ा; निधान, निहित करना या होना, लगाना ।

vestiture n. वस्त्र, कपड़े; (वन०) आवरण, पट, परत ।

vestment n. राजकीय परिच्छद, आधिकारिक परिधान; पादरियोंकी आधिकारिक वेशभूषा; पूजन-परिच्छद, पूजाकी पोशाक; वस्त्र, कपड़ा, जामा ।

vestral a. वस्त्रागार-सम्बन्धी, वस्त्रागारका; पादरियोंके हल्केका ।

vestry n. वस्त्रागार, लिबासखाना; कक्ष, कोष्ठ, कोठरी, कमरा; (गिरजेसे जुटे, पूजादिके वस्त्र रखनेके लिए प्रयुक्त) भवन, मकान; छोटा गिरजा; (पादरियोंके हल्केका) करदाता; करदाताओंका प्रतिनिधि-मण्डल; ~man पादरियोंके हल्केका सदस्य ।

vestrydom n. पादरियोंके हल्केकी जन-सरकार ।

vestuary n. वस्त्र-कोष्ठ, वसन-मंजूषा, दराज ।

vestural a. परिच्छदार्थ, परिधानार्थ, पहिरावोंके लिए, लिबासके लिए; वस्त्रकक्षका ।

vesture[1] n. परिच्छद, परिधान, वस्त्र, वेशभूषा, पहिरावा, लिबास, पोशाक, कपड़े ।

vesture[2] v.t. वस्त्रालंकृत करना, वस्त्रसज्जित करना, पोशाक पहनाना ।

vesturer n. (गिरजेका) पूजनवस्त्राधिकारी; उपकोषाध्यक्ष, छोटा खजांची ।

Vesuvian[1] n. दीपशलाका, एक प्रकारकी दियासलाई ।

Vesuvian[2] a. विसूवियसका, विसूवियस-विषयक; (*v~*) ज्वालामुखी, आग उगलनेवाला ।

vesuvianite, vesuvian[3] nn. (*V ~*) विसूवियसमें प्राप्य हरे या बादामी रंगका ज्वालामुखी पत्थर ।

vet[1] n. (बोल०) = VETERINARY.

vet[2] v.t. पशुरोग-परीक्षा करना, पशुचिकित्सा करना, जानवरोंकी दवा करना; (क़ानून) विधीक्षा करना ।

vetch n. पृथुशिम्बी, उड़द, मोठ, बेंच (छीमीदार पौधे) ।

vetchling n. शिम्बी, बेंचकी तरहका पौधा ।

vetchy a. पृथुशिम्बीमय, घासपाती, बेंचवाला, बेंची ।

veteran[1] n. दक्ष व्यक्ति, कुशल व्यक्ति, निपुण व्यक्ति, वयोवृद्ध या अनुभवी व्यक्ति; भूतपूर्व कर्मचारी ⊙ ।

veteran[2] a. कर्मप्रवीण, दक्ष, कुशल, निपुण, वयःस्थ, जातानुभव, ज्ञानवृद्ध, अनुभवी (*~ golfer, soldier*); अनुभवी व्यक्ति-सम्बन्धी, अनुभवी या पुराने लोगोंका (*~ troops*) ।

veteranize v.t. दक्ष करना, कुशल बनाना, निपुण बनाना, अनुभवी बनाना ।

veterinarian[1] ⊙ n. शालिहोत्री, पशुवैद्य, पशुभिषग्, पशु-चिकित्सक, सलोतरी ।

veterinarian[2] a. पशु-, पशुचिकित्सा-, गृह-पशु-चिकित्सा-सम्बन्धी, घरेलू जानवरोंकी दवासे सम्बन्धित; शालिहोत्रीय ।

veterinary[1] n. शालिहोत्री, पशु-उपवैद्य, पशु-उपचिकित्सक, पशुचिकित्सक, सलोतरी ।

veterinary[2] a. पशु-सम्बन्धी, पशुचिकित्सा-सम्बन्धी, शालिहोत्रीय; ~ doctor पशु-चिकित्सक, शालिहोत्री, सलोतरी;

~ college, ~ department, ~ dispensary, ~ science, ~ service, ~ surgeon, ~ training.

vetiver n. खसखस (घास) ।

veto[1] n. (*pl. -es*) अभिषेध, प्रतिषेध, प्रतिनिषेध, निवारण, प्रत्यादेश, निषेधाधिकार, रोक, विटो (*~ power*); अभिषेध पत्र, प्रतिनिषेध-पत्र, प्रत्यादेश-पत्र, निषेध-पत्र; suspensory ~ स्थगनकारी प्रत्यादेश ।

veto[2] v.t. अभिषिद्ध करना, निषेध करना, निषिद्ध करना, निषेधाधिकारका प्रयोग करना, नामंजूर करना, रोकना ।

vetoist n. अभिषेधाधिसम्पन्न व्यक्ति, निषेधाधिकारी, प्रतिषेधी ।

vetting n. विधीक्षा करना, पड़ताल करना ।

vetust a. प्राचीन, अतीतकालीन, पुराना ।

vex १. v.t. बाधित करना, प्रबाधित करना, क्रुद्ध करना, प्रकुपित करना, छेड़ना, तंग करना, चिढ़ाना, खिझाना (*this would ~ even a saint*); (प्रा०) कष्ट देना, दुःख देना, पीड़ा पहुँचाना, सन्तप्त करना, क्लेशित करना, क्लेश पहुँचाना, सताना; (का०, भाषण०) विक्षुब्ध करना, उद्विग्न करना, बेचैन करना, परेशान करना; २. v. i. छिड़ना, तंग होना, खीझना, चिढ़ना ।

vexation n. बाधा, प्रबाधन, क्रोध, प्रकोप, प्रकोपन, क्रोधोद्दीपन, चिढ़, मलाल, तंगी, खीझ; क्लेश, सन्ताप, दुःख, पीड़ा, कष्ट, चोट; (pl.) उद्विग्न या बेचैन करनेवाले मामले (*subjected to many ~s*) ।

vexatious a. प्रबाधी, प्रबाधनात्मक, खिझाऊ, चिढ़ाने या खिझानेवाला, दिक या तंग करनेवाला (*~ delay, interference*); सन्तापमय, दुःखदायी, कष्टद, क्लेशकर, उद्वेगकर, बेचैन करनेवाला ।

vexatiousness n. प्रबाधनात्मकता, खीझ, तंगी; सन्तप्तता, कष्टमयता, पीड़ावहता, क्लेशकरता; उद्विग्नता, उद्वेगजनकता, बेचैनी, परेशानी ।

vexed a. दुःखित, सन्तापित, बाधित, प्रबाधित, क्रुद्ध, प्रकुपित, चिढ़ा हुआ; बहुचर्चित, दुरूह, कठिन, अनिर्णीत (*~ question*) ।

vexer n. बाधक, प्रबाधक, क्रोधित या कुपित करनेवाला, खिझानेवाला; उद्वेजक व्यक्ति, उद्विग्न करनेवाला ।

vexil n. ध्वज, पताका, झण्डा; परदा, परत ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

vexillary n. (प्राचीन रोमन) ध्वज, पताका, झण्डा।
vexillation n. रोमीय सैन्य-विभाग, रोमन सेनाकी एक टुकड़ी।
vexillum n. (pl. *-illa*) (प्राचीन रोमका) ध्वज, पताका, झण्डा; पट, परदा, परत।
via n. & prep. मार्ग, मार्गसे, द्वारा, से होकर, वरास्ता (*~ main line*)।
viability n. जीव्यता, जीविष्णुता; वर्धिष्णुता, जीवन-योग्यता; अंकुरणशक्ति, अंकुरण-क्षमता; स्वयंशोधिता।
viable a. (प्रायः गर्भस्थ या नवजात शिशुके लिए) जीव्य, जीवनक्षम, जीविष्णु, जीनेयोग्य; वर्धिष्णु, वर्धन-क्षम, विकासक्षम; (बीज आदिके लिए) अंकुरणशक्त, अंकुरणक्षम, अंकुरण-योग्य।
viaduct n. रथ्योत्तार, वाटोत्तार, मार्ग-सेतु, मार्गवाहि सेतु, पुल।
vial n. काचभाण्ड, काचपात्र, कूपिका, शीशी, बोतल; *pour out ~s of wrath* बहुत क्रोध करना, गुस्सा निकालना।
vialful n. कूपिकाभर, शीशीभर, बोतलभर (वस्तु)।
viameter n. = ODOMETER.
viand n. (विशे० बहुवचनमें) खाद्य, भक्ष्य, भोजन, अन्न, भोज्य-पदार्थ, रसद, खाना।
viaticum n. (रोमन पुराण) पाथेय, सम्बल, पथव्यय, बटखर्चा, राहखर्च, सफरखर्च, राहका भत्ता; चलदेवी, वहनीय मूर्त्ति; (ईसाई) अन्तिम भोजन।
viator n. यात्री, राहगीर, राही, मुसाफिर।
vibraculum n. (pl. *-a*) चलांग, कीटशुण्ड।
vibrancy n. वेप, प्रवेप, वेपन, प्रवेपन, कम्पन, दोलन, आदोलन, स्पन्दन, थर्राहट; अनुनाद, प्रतिध्वनि, गुंजार।
vibrant a. प्रवेपक, आवेपक, वेपमान, दोलायमान, कम्पमान, स्पन्दनशील, थर्रानेवाला, झूलनेवाला; (शब्दों इत्यादिके लिए) स्वनित, प्रतिध्वनिशील, प्रतिध्वनित, गुंजित, अनुनादित, शब्दायमान।
vibrate v. i. & t. आवेपित होना, प्रवेपित होना, वेपमान होना, प्रदोलित होना, कम्पित होना, स्पन्दित होना, काँपना, थर्राना, थरथराना; दोलायमान होना, आदोलित होना, हिलना, डुलाना, झूलना, डोलना, लहराना, झुलाना; (आवाजके लिए) जल्दी-जल्दी धक-धक करना; (पेण्डुलम या लटकन का हिलडुलकर) सेकेण्ड बनाना, सेकेण्डका समय सूचित करना।
vibratile a. आवेपी, वेपनशील, प्रवेपमय, कम्पनीय, कम्पनशील, हिलने-डुलनें योग्य, थर्रानेवाला (*~ filament*)।
vibratility n. वेपन, वेपमानता, स्पन्दनशीलता, कम्पनीयता, कम्पनशीलता।
vibrating a. स्पन्दनशील, आवेप-, आवेपी (*~ mirror*)।
vibration n. आवेप, प्रवेप, प्रदोलन, आदोलन, कम्पन, स्पन्दन, स्फुरण, लहराव, काँपकपी, थरथरी, थरथराहट, हिलाव, झुलाव, लहक, तरंग; amplitude *of ~* स्पन्दित पदार्थका विस्तारक्षेत्र;
~ magnetometer, ~ meter, ~ needle, ~ ratio, ~ sense, ~s per second
vibrational a. आवेपात्मक, आवेपी, प्रवेपात्मक, स्पन्दनात्मक, कम्पी (*~ motion*)।
vibratiuncle n. सूक्ष्म आवेप, लघु कम्प, हलकी तरंग।
vibrative a. वेपमान, कम्पायमान, आवेपी, दोलायमान, हिलनेवाला, डोलनेवाला, झूलता हुआ।
vibrator n. कम्पित्र; आवेपक, वेपमान व्यक्ति, प्रवेपशील पदार्थ, कम्पनशील व्यक्ति, थरथरानेवाला पदार्थ; (विद्यु० तार०) कम्पनशील नड; (संगीत) कम्पनशील फलक; (मद्रण०, स्याही देनेका) कम्पनशील या गतिशील वेलन; (चिकि०, बिजली इत्यादिका) अंगमर्दक यन्त्र, मालिश करनेका औजार।
vibratory a. आवेपी, वेपमान, प्रवेपशील, कम्पनशील, थरथरानेवाला (*~ movement, reaction*)।
vibrio n. लोलाणु।
vibrissa n. श्मश्रु, दाढ़ी, गलमुच्छ।
vibrograph n. कम्पमापक, कम्पनमापी यन्त्र, वाइब्रोग्राफ।
vibroscope n. स्पन्दनवीक्ष, तरंगवीक्षक यन्त्र।
vibrotherapeutics n. स्पन्दनचिकित्सा।
viburnum n. क्षारपर्णी झाड़ियाँ।
vicar n. उपाचार्य, पल्ली पुरोहित, गिरजेका पुरोहित, ग्राम-पादरी; apostolic *~* प्रचारक पादरी; cardinal *~* पोपका प्रतिनिधि पुरोहित; *~* choral गायक पुरोहित, भजनोपदेशक, भजनीक पादरी; *~* of Bray स्वपक्षत्यागी, परपक्षग्राही।
vicarage n. उपाध्याय-वृत्ति, पुरोहित-वृत्ति, पुरोहित-कर्म, पुरोहितका पेशा; उपाचार्य निवासस्थान, पुरोहित-निवास, विकरका पद तथा स्थान।
vicarial a. उपाध्यायीय, उपाचार्य-, पुरोहित-विषयक, विकर-सम्बन्धी; प्रतिनिधि-विषयक।
vicariate, vicarship nn. पौरोहित्य, पुरोहित-पद, पुरोहित-क्षेत्र।
vicarious a. सम्प्रेषित, समादिष्ट, नियोजित, प्रतिनिहित, प्रत्याधिकृत, प्रत्यायुक्त, प्रतिरूपी, प्रतिनिधि-रूप (जैसे, *~ authority, liability*); स्थानापन्न, परार्थकृत्, परार्थ कार्य करनेवाला।
vicariousness n. सम्प्रेषितत्व, समादिष्टता, नियोजितत्व, प्रतिनिधित्व; स्थानापन्नता।
vice[1] n. दुर्वृत्ति, दुराचार, व्यभिचार, असदाचार, पापाचरण, पापाचार, व्यसन, भ्रष्टता; कलक, धब्बा, दाग; अधर्म, पाप, दोष, दुर्गुण, अवगुण, बुराई, ऐब, खोट, खराबी (जैसे, *has no ~s, is free from ~*); (अव क्त्र०) विकार, विकृति, शारीरिक अस्वस्थता (जैसे, *inherited ~s of constitution*); *V ~* भाँड़, मसखरा।
vice[2] n. (बोल०) = VICE-PRESIDENT, VICE-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

PRINCIPAL इत्यादि ।

vice[3] n. संग्रभ, बाँक, शिकंजा, पकड़ (जैसे, *bench-~*)।

vice[4] v.t. (ला० भी०) बाँकमें कसना, शिकंजेमें दबाना या पकड़ना, कसना ।

vice[5] prep. प्रतिनिधिरूपमें, स्थानपर, जगहपर, बदलेमें ।

vice-admiral n. उप-महानौपति, उपनौकाध्यक्ष ।

vice-admiralty n. महानौपतित्व; महानौपति-कार्यालय अथवा पद ।

vicegerency n. प्राणिध्य, प्रणिधित्व, प्रतिनिधित्व, सहायकत्व, नायबगीरी, नायबका पद ।

vicegerent a. & n. प्रणिधि, प्रतिनिधि, सहायक, नायब ।

vicenary, vicennial aa. विंशवर्षीय, बीससाला ।

vice-president n. उपप्रधान, उपाध्यक्ष, उपसभापति, उपराष्ट्रपति ।

vice-principal n. उपाचार्य, वाइस-प्रिंसिपल ।

viceregal, viceroyal aa. औपराजिक, राज-प्रतिनिधि-सम्बन्धी, वाइसरायका, बड़े लाटका ।

vicereine n. उपराज्ञी, वाइसरायिन ।

viceroy n. उपराज, उपराजा, राजप्रतिनिधि, बड़ा लाट, मुल्की लाट, वाइसराय (इति० *~ of India*) ।

viceroyalty, viceroyship nn. उपराजत्व, राज-प्रतिनिधित्व, लाटसाहबी, वाइसरायका पद ।

Vichy (water) n. खनिज-जल-विशेष, विशी ।

vicinage n. प्रतिवेश, प्रतिवेशित्व, सान्निध्य, सन्निधि, सन्निकर्ष, सामीप्य, समीपता, पड़ोस; प्रतिवेशी जनपद, आसन्नस्थ जनपद, इर्द-गिर्दका जिला; पड़ोसका सम्बन्ध, पड़ोस-भाव ।

vicinal a. प्रतिवेश्य; (रसा०) संचारी ।

vicinity n. सन्निकर्ष, सान्निध्य, सामीप्य, समीपता, आसन्नता, निकटता, घनिष्ठता, नजदीकी; पड़ोस, पड़ोसका जिला, इर्द-गिर्दका क्षेत्र ।

viciosity n. = VICIOUSNESS.

vicious a. पापी, पापिष्ठ, पापासक्त, अधम, नीच, दुष्ट, बुरा (जैसे, *~ tendencies, life*); दुर्वृत्त, दुश्चरित्र, दुरात्मा, पापवृत्त, अपथ-प्रवृत्त, कुपथ-प्रवृत्त, कुपथगामी, कुमार्गगामी, व्यसनी, दुराचारी, बदकार, बदमाश; दोषपूर्ण, दोषी, अपराधी, अवगुणमय, ऐबी, खोटा (प्रायः घोड़ों इत्यादिके लिए भी); (तर्क, भाषा आदिके लिए) मिथ्या, अयथार्थ, असत्य, झूठ; निराधार, त्रुटिपूर्ण, दूषित, दोषपूर्ण, अगम्भीर, थोथा, उथला (*~ style*); उग्र, क्रोधी, असन्तुलित-चित्त, चिड़चिड़ा; ईर्ष्यापूर्ण, द्वेषपूर्ण, विद्वेषपूर्ण, डाही; ~ circle विषयवृत्त, अपचक्र, दुष्टचक्र, कुचक्र; ~ union (शल्य०) हड्डियोंका दोषपूर्ण संयोजन, गलत जोड़ ।

viciousness n. पाप, अधर्म, कुकर्म, दुर्वृत्ति, दुश्चरित्रता, दुष्टता, दुराचरण, दुराचारिता, नीचता, बदमाशी, बदकारी, बुराई; अयथार्थता, मिथ्यात्व, असत्यता; अगाम्भीर्य, थोथापन, छिछलापन, हल्कापन; ईर्ष्या, द्वेषिता, विद्वेष; चिड़चिड़ापन ।

vicissitude n. विपर्यय, विपर्यास, विप्लव, अनुक्रम, परिवर्त, परिवृत्ति, उलटफेर, अदलबदल, हेरफेर; (प्रा० का०) नियमित परिवर्तन, नियमित हेरफेर, नियमित पलटाव, घुमाव ।

vicissitudinous a. विपर्ययशील, विपर्यासशील, अनुक्रमिक, परिवर्तनशील, हेरफेर होनेवाला, बदलनेवाला ।

victim n. बलि, वध्य, उपहार, यज्ञ-पशु, भेंट; (उद्देश्य-सिद्धिमें) आहत व्यक्ति या वस्तु, विनष्ट वस्तु; उत्तेजनासे विनष्ट व्यक्ति; विपद्ग्रस्त व्यक्ति, घटनाग्रस्त व्यक्ति; आखेट, शिकार, चिड़िया (जैसे, *the numerous ~s of the confidence trick*) ।

victimization n. बलीकरण, बलिदान, कुर्बानी; संहार, विनाश ।

victimize v.t. बलि देना, उपहार करना, बलिपशु बनाना, शिकार बनाना; धोखा देना, चिड़िया फँसाना, सिर मूँड़ना, हजामत बनाना; विनष्ट करना, संहार करना; ठगना, उल्लू बनाना ।

victimizer n. बलिदाता, उपहर्ता; धोखेबाज, चिड़िया फँसानेवाला, सिर मूँड़नेवाला ।

victor n. (भाष०) जेता, विजेता, जयी, विजयी, मैदान मारनेवाला, फतह करनेवाला (*~ troops*) ।

victoria n. चौपहिया गाड़ी-विशेष; भीम नलिनी, बड़ी कुमुदिनी; गृह-कपोत-विशेष; घरेलू पंखा-विशेष; (विशे० V~ ज्योतिष्०) द्वादश क्षुद्र ग्रह; ~ colour विजया वर्ण; V~ Cross (= V. C.) विक्टोरिया-पदक, विक्टोरिया क्रास ।

Victorian n. विक्टोरियाका शासन-काल ।

victorious a. प्राप्तजय, जेता, विजेता, जयी, विजयी, मैदान मारनेवाला, फतह करनेवाला; जय-सम्बन्धी, विजय-विषयक, जीतका; जय-सूचक, विजय-सूचक (*~ day*) ।

victoriousness n. जय, विजय, जीत ।

victory n. सिद्धि, जय, विजय, जीत, फतह (*battle ended in a decisive ~*); (V~) विजयश्री, जय-लक्ष्मी, विजय-देवी; ~-tower जयस्तम्भ ।

victress n. जेत्री, जयिनी, विजयिनी, विजयित्री, विजयकर्त्री, फतह करनेवाली ।

victual[1] n. (प्रा० बहुव०) खाद्य सामग्री, भक्ष्य सम्भार, भोज्य पदार्थ, रसद, खानेका सामान ।

victual[2] v.t. & i. खाद्य सामग्री एकत्र करना, भोज्य पदार्थ जुटाना, रसद इकट्ठा करना; खाद्य-सामग्री प्रेषित करना, रसद भेजना, खूराक देना; भोज्य सामग्री भक्षण करना, रसद खा जाना; भोजन कराना, खिलाना ।

victualler n. पान्थशालिक; भक्ष्य-व्यवस्थापक, भक्ष्य-विक्रेता, भोज्य-विक्रयी, भोजनसामग्री बेचनेवाला (*licensed ~*); (अन्य जहाजोंके लिए) खाद्यवाही पोत ।

victualless a. भोज्य-पदार्थ-विहीन, खाद्य-सामग्री-रहित, बिना रसदका ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

victualling n. भोज्य-प्रबन्ध, भक्ष्य-व्यवहार; भक्ष्य-विक्रय, अन्न-विक्रय; रसद-जुटाई; ~ bill रसद-भारपत्र; ~ office रसदघर।

vicugna, -una nn. तुरोष्ट्र, विक्यूना (दक्षिणी अमरीकाका ऊँट-जैसा स्तनपायी जानवर)।

vidette n दे० VEDETTE.

viduage n. वैधव्य, विधवापन।

vidual a. वैधव्य-, वैधव्य-सम्बन्धी, विधवापनका।

viduity n. वैधव्य, विधवापन।

vie v.i. स्पर्धा करना, स्पृहा करना, प्रतियोगिता करना, होड़ लगाना, बराबरी करना, रीस करना।

Viennese १. a. वियना-सम्बन्धी, वियना-विषयक, वियनाका; २. n. वियना-निवासी।

view[1]* n. आलोकन, अवलोकन, निरीक्षण, पर्यवेक्षण, प्रेक्षण, दर्शन*; (कानून) मुआइना; मानसिक पर्यवेक्षण (*take a general ~ of the subject*); दृष्टि, ईक्षण-शक्ति, वीक्षण-शक्ति, आँख, नजर (*passed from our ~*); दृश, दृष्टिपथ, नयनगोचर-प्रदेश, दृष्टिसीमा, पर्यवेक्षण-सीमा, नजरकी हद; दृश्य* (*a superb ~*); सोच-विचार, ख्याल, गौर; मत*, मति, सम्मति, विचार, राय (*takes a different ~*); अभिप्राय, प्रयोजन, आशय, उद्देश्य, हेतु, मशा, नीयत, इरादा (*cat has a ~ upon the larder*); प्रदर्शन, शो (*private ~ of a picture*); ~-finder (चित्रोंकी सीमाओंका पता देनेवाला) कैमरेका पुरजा; ~ halloo वू-हल्लू, आखेटकों-की हर्षध्वनि; ~ point दृष्टिबिन्दु, दृष्टिकोण; रूप, रुख, खाका; *in full ~ of the crowd* भीड़के बिलकुल सामने; *in ~ of* इस कारणसे; विचारसे, ख्यालसे, देखते हुए (जैसे, *in ~ of recent developments we do not think this step advisable*); *on ~* प्रदर्शनार्थ; *to the ~* स्पष्टतया, खुल्लमखुल्ला, साफ-साफ, खुले तौरसे; *with a ~ to* अभिप्रायसे, प्रयोजनसे, उद्देश्यसे, मतलबसे (जैसे, *with a ~ to extending*); प्राप्तिकी दृष्टिसे, पानेकी आशामें (जैसे, *he said this with a ~ to the vacant secretaryship*)।

view[2] v.t. पर्यवेक्षण करना, निरीक्षण करना, अवलोकन करना, दृष्टि डालना, निहारना, देखना, नजर डालना; समीक्षा करना, विचार करना, सोचना, परखना (*does not ~ the matter in the right light*)।

viewable a. दृष्टिगोचर, दृश्यमान, दिखाई पड़नेवाला।

viewer n. पर्यवेक्षक, निरीक्षक, दर्शक, देखनेवाला; समीक्षक, आलोचक, विचारक, अन्वीक्षा करनेवाला, परख करनेवाला, जाँचनेवाला।

viewiness n. धुन, सनकीपन, झक्कीपन।

viewless a. (काव्य०, भाषण) अदृश्य, अगोचर, अलक्ष्य, दिखाई न पड़नेवाला, बिनदेखा।

viewy a. (बोल०) सनकी, झक्की, धुनवाला।

vigesimal a. विंश, बीसवाँ।

vigia n. सूचना, चेतावनी, खबरदारी।

vigil n. सजगता, जागरूकता, जागृति, जागरण, चौकसी, होशियारी; रात्रिजागरण, रतजगा; (विशे०बहुव०) नैशपूजन. निशापूजा, रात्रिपूजा, रातकी उपासना।

vigilance n. सतर्कता, सजगता, जागरूकता, अवधान, सावधानी, चौकसी, होशियारी, खबरदारी (~ *committee*); (चिकि०) अनिद्रा, विनिद्रता, निद्राहीनता, जाग्रदवस्था, जागनेकी बीमारी।

vigilant a. अनिद्र, विनिद्र, अस्वाप, जाग्रत्, जागरूक, अप्रमत्त, सचेत, सजग, सतर्क, सावधान, चौकस, होशि-यार, खबरदार (~ *control*)।

vigilante⊙ n. शान्ति-सुख-व्यवस्थापक समितिका सदस्य या मेम्बर।

vignette[1] n. (स्था०) पुष्पादि-चित्र, चित्र-विचित्र छवि, बेलबूटा, पत्तीकारी, गुलकारी; पुस्तकके मुखपृष्ठका चित्र; (छायांकित या रेखांकित) चित्र, फोटो, प्रतिमा; (ला०) रेखाचित्र; शब्दचित्र।

vignette[2] v.t. (केवल कन्धे तककी) मूर्तियाँ बनाना, मूर्तियोंकी छाया बनाना।

vignetter, vignettist nn. पुष्पादि-चित्रकार, क्षुद्रछविकार, बेलबूटा काढ़नेवाला, प्रतिमा बनानेवाला।

vigoroso adv. (संगीत) सवेग, तेजीसे।

vigorous a. ओजपूर्ण, ओजस्वी, प्रबल, शक्तिशाली, शक्तिवान्, वीर्यवान्, बलशाली (~ *storm*); साहसी, साहसपूर्ण, हिम्मती; मर्मभेदी, मर्मस्पर्शी, अन्तःस्पर्शी, तीक्ष्ण, प्रभावपूर्ण; उत्साही, उत्साहपूर्ण, उत्साहवर्द्धक।

vigorousness n. ओजपूर्णता, शक्तिवत्ता, वीर्यवत्ता, बलशालिता, साहस, साहसपूर्णता; मर्मभेदिता, मर्म-स्पर्शिता, अन्तःस्पर्शिता, तीक्ष्णता, प्रभावपूर्णता; उत्साह-पूर्णता।

vigour, vigor⊙ n. वीर्य, बल, शक्ति, शौर्य, ताकत; सजीवता, जीवनशक्ति; मानसिक शक्ति, दिमागी ताकत; ओज, तेज, प्रभाव; पौरुष; साहस, हिम्मत; मर्मभेद, मर्म-स्पर्शिता, अन्तःस्पर्शिता, हृदयवेधिता, तीक्ष्णता; उत्साह, प्रेरणा, आवेश, जोश।

vigourless a. शक्तिहीन, बलहीन, बिना ताकतका; ओजहीन, तेजरहित, प्रभावहीन, पौरुषहीन; साहसरहित, बेहिम्मत; अमर्मभेदी, अमर्मस्पर्शी, अहृदयवेधी; अनुत्साह, निरुत्साह, आवेशहीन, मन्द।

viking n. (आठवींसे दसवीं शतीके बीचका उत्तर सागरका) साहसिक, जलदस्यु, सामुद्रिक दस्यु, समुद्री डाकू।

vikingism n. जलदस्युवाद, समुद्रदस्युवाद, डाकूपन।

vilayet n. विलायत, (बलीके नीचे एक तुर्की प्रशासन-क्षेत्र)।

vile a. व्यर्थ, निकृष्ट, निकम्मा, बेकार (~ *pen, pastry*); अधम, नीच, जघन्य, कमीना, घटिया (*the ~ trade of an informer*); दुष्ट, दुरात्मा, दुरा-चारी, पापी, अधर्मी, दुश्चरित्र, शैतान, पिशाच, पाजी।

vileness n. व्यर्थता, निकृष्टता, निकम्मापन, बेकारी; अधमता, नीचता; दुष्टता, दुरात्मता, दुराचार,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

पाप, अधर्म, अधर्मिता, दुश्चरित्रता, शैतानी, पिशाचपन।

vilification n. परिवाद, अपवाद, निन्दावाद, निन्दा, अयश, कुयश, कलंक, बदनामी, बुराई, खराबी।

vilifier n. अपवादक, परीवादक, निन्दक, निन्दावादक, अपयश देनेवाला; कलंकित करनेवाला, बुराई लगानेवाला, बदनाम करनेवाला।

vilify v.t. अपवाद फैलाना, निन्दा करना, मानहानि करना, कलंकित करना, कुयश फैलाना, बदनाम करना, बुराभला कहना।

vilip n. नीलपुष्पी।

vilipend v.t. तिरस्कृत करना, उपेक्षित समझना, अवज्ञा करना, अपमानजनक व्यवहार करना।

vill n. = VILLAGE, बस्ती।

villa n. पल्लीभवन, महाभवन, ग्रामगृह, ग्राम-निवास, गाँवका बँगला।

villadom n. ग्राम्य समाज, ग्रामीण समाज, गाँव-समाज, ग्राम-मण्डली।

village n. ग्राम, गाँव, देहात, पुरवा, मौजा, बस्ती; (गुण०) ग्राम्य, ग्रामीण;

~ account. ~ accountant, ~ administration, ~ administration, ~ affairs, ~ agency, ~ agricultural land, ~ area, ~ area's lists, ~ authorities, ~ bench, ~ blacksmith, ~ book, ~ boundary, ~ carpenter, ~ cattle, ~ cess, ~ channel, ~ community, ~ conservancy, ~ council, ~ court, ~ economy, ~ forest, ~ forest officer, ~ farm, ~ guide, ~ headman, ~ ~ history, ~-holder, ~ house, ~ immovable property, ~ industry, ~-land, ~ management, ~ map, ~ market, ~ note-book, ~ office, ~ officer, ~ official, ~ panchayat, ~ papers, ~ planning, ~ police, ~-policeman, ~ police officer, ~ postman, ~ practitioner, ~ record, ~ register, ~ rent-roll, ~ revenues, ~ road, ~ sanitation, ~ sanitation measures, ~ sanitation records, ~ school, ~ servant, ~ service holding, ~ service tenant, ~ service tenure, ~ share, ~ site, ~ statement, ~ survey, ~ sweeper, ~ tract, ~ trading, ~-uplift, ~-uplift centre, ~ vaccination register, ~ waste, ~ watchman.

villager n. ग्रामिक, ग्रामीण, ग्रामी, ग्रामवासी, ग्राम्यजन, गँवार, देहाती।

villagery n. ग्रामवर्ग, ग्राममण्डल, ग्राम्य जनता।

villain[1] n. (स्त्री० *-ess*) दुष्ट, दुरात्मा, दुर्जन, खल, नराधम, नीच, शैतान, पाजी, लुच्चा, गुण्डा, आवारा; ग्रामिक, ग्रामीण, ग्राम्यजन, ग्रामवासी, गँवार, देहाती; असभ्य (व्यक्ति), अशिष्ट (आदमी); (इति० *villein* भी) भूमिजीवी, खेतिहर।

villain[2] a. (प्रा०) ग्राम्य, ग्रामीण, देहाती, गँवार; अशिष्ट, असभ्य, उजड्ड, अक्खड़, अनगढ़; (इति०) ग्राम्यजीवी, खेतिहर-सम्बन्धी।

villa(i)nage, ville(i)nage nn. नीचता, अधमता; श्रमजीवियोंकी खेती या चाकरी, पहरेदार खेतिहरोंकी दासप्रथा या चाकरी; दुष्टजन, बदमाश लोग; दुष्टता, नीचता, शैतानी, बदमाशी।

villainous a. पिशाचार्ह, दुर्जनोचित, शैतानवाला; दुष्ट, दुर्वृत्त, पापिष्ठ, जघन्य, कुत्सित, अधम, नीच, क्षुद्र, पाजी, बदजात, कमीना, बदमाश, बुरा; (बोल०) एकदम खराब, बिल्कुल बुरा, निहायत रद्दी (~ *hotel, style*)।

villainousness n. दुर्वृत्तता, दुष्टता, अधमता, जघन्यता, नीचता, क्षुद्रता, कमीनापन।

villainy n. दुष्कर्म, जघन्य कर्म, पाप, अधम कार्य, पाजीपन, शरारत, बदमाशीका काम।

villatic a. ग्राम्य, ग्रामिक, ग्रामीण, देहाती, गाँवका।

villeggiatura n. ग्रामवास, ग्रामनिवास, देहातमें रहना।

villein a. & n. दे० VILLAIN; दास, प्रजा, रइयत।

villiform, villoid aa. रसांकुर रूप, अंगुष्ठिकाकार; लोमवत्, बालनुमा, पशमनुमा।

villose, villous aa. रसांकुरीय, रसांकुर-सम्बन्धी; रोएँदार, बालदार, झबरा।

villosity n. रसांकुरत्व, अंगुष्ठिकात्व; झबरापन।

villous a. दे० VILLOSE.

villus n. (श० र० शा०) रसांकुर, रोमांकुर, अंगुष्ठिका; (वन० शा०; फूलों अथवा फलोंके ऊपरके) कोमल बाल, लोम, रोएँ, पशम।

vim n. (बोल०) ओज, तेज, प्रभाव, सत्त्व, शक्ति, बल, पौरुष, ताकत; प्रेरणा, उत्साह, जोश; उद्यम।

viminal a. प्ररोहात्मक, प्ररोही, कोंपलका।

vimineous a. प्ररोह-निर्मित, अँखुयेका बना; शाखा-निर्मित, टहनियोंका बना।

vina n. वीणा, प्रपंची।

vinaceous a. द्राक्षीय, द्राक्षा-विषयक, अंगूरका; शोणित।

vinaigrette n. सुगन्धिकी बोतल, सुगन्धित द्रवके लिए शीशी या बोतल या डब्बा।

vinasse n. तलछट।

vinca n. करवीरबन्धु।

vincibility n. जेयता, विजेयता, जीते जानेकी अवस्था।

vincible a. (क०) जेय, विजेय, जीतने योग्य।

vinculum n. (pl. *-la*) शिरोवार, रेखाबन्धनी, शिरोरेखा, ऊपरी रेखा (जैसे, $\overline{a+b} \times c = ac+bc$)।

vindemial a. द्राक्षीय, द्राक्षा-, अंगूरी।

vindicability n. निरसनीयता; प्रतिपाद्यता, समर्थनीयता; पौष्टिकता; रक्षणीयता।

vindicable a. निरसनीय; प्रतिपाद्य, समर्थनीय;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

पोषणीय, रक्षणीय ।

vindicate v.t. प्रतिपादन करना, प्रतिसमर्थन करना, समर्थन करना, पुष्टि करना, सहारा देना; पालन करना, रक्षा करना; सत्त्व स्थापित करना, स्थिर करना, कायम रखना, पक्का करना; प्रमाणित करना; निर्दोष सिद्ध करना, न्यायसंगत सिद्ध करना; शोधन करना, दण्ड देना ।

vindication n. प्रतिपादन, प्रतिसमर्थन, पुष्टीकरण, प्रमाणीकरण, स्थापन, निर्वाह; दोष-प्रक्षालन, परिशोधन, दोषमुक्ति, दोषनिरसन ।

vindicative a. प्रतिकारपरायण, वैरसाधक, निरसनशील, प्रतिशोधात्मक; समर्थनशील, समर्थनकारी ।

vindicator n. प्रतिपादक, पोषक, समर्थक, समर्थनशील, प्रमाणित करनेवाला ।

vindicatory a. समर्थनशील, समर्थनकारी; (कानून) दण्डात्मक, दोषनिरसनात्मक, परिशोधात्मक ।

vindicatress n. समर्थिका, प्रतिपादिका ।

vindictive a. प्रतिहिंसापरायण, प्रतिकारपरायण, प्रत्यपकारी, प्रतिकारी, प्रतिकारशील; (कार्य आदिके लिए) प्रतिशोधात्मक, प्रतिहिंसात्मक, प्रत्यपकारात्मक; दण्डात्मक; ~ damages प्रतिवादीसे दण्डस्वरूप लिया गया खर्चा ।

vindictiveness n. प्रतिहिंसापरायणता, प्रतिकारपरायणता, प्रत्यपकारिता, प्रतिकारिता; प्रतिहिंसात्मकता, प्रत्यपकारात्मकता, प्रतिशोधभाव, दण्डभाव ।

vine n. द्राक्षा, दाखकी लता, अंगूरकी बेल; ~s वल्ली, लतायें ⊙; ~ borer, -fretter, -grub अंगूरी कीड़ा; ~ black, ~-bordered, ~-clad, ~-covered, ~-decked, ~ disease, ~ dresser, ~-encircled, ~ grower, ~-hung, ~-laced, ~land, ~-leafed, ~-mantled, ~ prop, ~-robed, ~-tree, ~-wreathed.

vinegar[1] n. चुक्र, शुक्त, शौक्तिक, सिरका; (ला० प्रायः गुण०) अम्ल, खट्टा (~ *countenance*); V~ Bible अंगूरवाटिकाकी कथासे युक्त (१७१७ ई० में सम्पादित) बाइबिल; ~ plant खमीर वाली काई ।

vinegar[2] v.t. चुक्रमिश्रित करना, शुक्तमिश्रण करना, सिरका मिलाना; चुक्र बनाना, शुक्त बनाना ।

vinegarish a. चुक्रात्मक, शुक्तात्मक, सिरकेदार, खट्टा ।

vinegary a. चुक्रस्वाद, शुक्तस्वाद, अम्ल, खट्टा ।

vinery n. (उत्पादनार्थ) द्राक्षाभवन, अंगूर-घर ।

vineyard n. द्राक्षा-वाटिका, द्राक्षा-क्षेत्र, अंगूरोपवन, अंगूरका खेत, अंगूरका बाग ।

vingt-et-un n. इक्कीस पत्तोंका ताशका खेल ।

vinic a. द्राक्षिरीय, सुरा-सम्बन्धी, शराबका ।

viniculture n. द्राक्षा-कृषि, अंगूरकी खेती ।

viniculturist n. द्राक्षाकृषक, द्राक्षोत्पादक कृषक, अंगूरका किसान ।

vinification n. द्राक्षिरीयण, फलयूषका खमीर उठाना ।

vinology n. द्राक्षिरा विज्ञान, मद्यशास्त्र, मदिरा-विद्या ।

vinosity n. मद्य-सादृश्य, मदिरावत्ता; द्राक्षीयता; मद्य; नशा, नशीलापन ।

vinous a. द्राक्षा-, द्राक्षीय(~ *liquors*); मद्य-सम्बन्धी, आसवीय, आसव-विषयक, सुरामय, मद्यका, मदिराका, शराबका; मद्यवत्, शराबके समान; मद्यजनित; नशाकासा, नशीला ।

vint[1] n. विण्ट (रूसी ताशका खेल-विशेष) ।

vint[2] v.t. मद्य-निर्माण करना, मदिरा बनाना, शराब बनाना ।

vintage n. द्राक्षा, दाख, अंगूर; द्राक्षा-चयन-ऋतु, द्राक्षा-संग्रहकाल, अंगूर आनेका मौसम; (अंगूरकी मौसमी उपजसे बना हुआ) मद्य; (काव्य, भाषण) मद्य, मधु, मदिरा, आसव, शराब; ~ wine अंगूरी शराब ।

vintager n. द्राक्षा-चयक, द्राक्षा-चयनकार, अंगूरकी फसल एकत्र करनेवाला ।

vintner n. शौण्डिक, सुराजीवी, मद्यविक्रयी, मधुविक्रेता, मदिरा-व्यवसायी, शराब बेचनेवाला, कलार, कलवार ।

vintnery n. मदिरा-व्यवसाय, शराबकी दुकान ।

vintry n. द्राक्षिरा-कक्ष, द्राक्षिराशाला, मदिरा रखनेकी दुकान या जगह ।

vinum n. द्राक्षिरा, मदिरा, अंगूरी शराब ।

viny a. द्राक्षालता-विषयक, दाखके पौधेका, अंगूरकी बेलका ।

viol n. षट्तन्त्री, वीणा, सारंगी, वायल (एक मध्यकालीन वाद्ययन्त्र) ।

viola[1] n. मध्यतन्त्री, बेला (बड़ी सारंगी) ।

viola[2] n. हृत्सुख, नैनसुख, वायला (एक नीललोहित फूलदार पौधा) ।

violable a. लंघनीय, उल्लंघनीय, अतिक्रमणीय, भंजनीय, भंग करने योग्य, तोड़ने योग्य; अपवित्र करने योग्य, भ्रष्ट करने योग्य; व्याघात करने योग्य ।

violaceous a. नीलारक्त, नीलरक्ताभ, नीललोहितवर्णीय, नीला लाल रंगका, बैंगनी; नीललोहित पौधेके परिवारका ।

violate v.t. लंघन करना, उल्लंघन करना, अतिक्रमण करना, सीमोल्लंघन करना, भग करना, तोड़ना; विरुद्ध करना, प्रतिकूल करना; (शपथ, समझौता, नियम इत्यादिको) अपवित्र करना, दूषित करना, भ्रष्ट करना, बिगाड़ना; दुर्व्यवहार करना, उद्धतता करना, उद्दण्डता करना, असाधु आचरण करना; विघ्न करना, बाधा देना, आघात करना, व्याघात करना, खलल डालना; बलात्कार करना, जबरदस्ती करना; सतीत्व भग करना ।

violated a. अतिक्रान्त, अतिक्रमित; दूषित, भ्रष्ट ।

violation n. उल्लंघन, अतिक्रमण, अतिक्रम, खण्डन, भंग; अपवित्रीकरण, दूषित करना; बाधा, विघ्न, आघात, व्याघात; बलात्कार, आधर्षण ।

violative a. उल्लंघी, अतिक्रामी; बाधक, विघ्नशील, आघाती, व्याघाती; दूषक, अपवित्रकारी ।

violator n. लंघक, उल्लंघक, अतिक्रामी, भंजक, तोड़नेवाला; उद्धत, उद्दण्ड, गुस्ताख आदमी; बाधक,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

आघाती, व्याघाती; बलात्कारी, धर्षक ।

violence n. (कानून) हिंसा, बलाचरण, बल-प्रयोग, शक्ति-प्रयोग (*was compelled to use* ~); वेग, उग्रता, तीक्ष्णता, प्रचण्डता, तीव्रता; विरोधी आचरण, उग्र व्यवहार, निरादर, अपमान (*did* ~ *to his feelings*); उत्पीड़न, प्रमाथ, अत्याचार, बलात्कार, जबरदस्ती ।

violent* a. हिंसात्मक, हिंसापूर्ण* (~ *conduct*); अन्यायपूर्ण; गुरु, वेगवान्, तीव्र, तेज*, सख्त, जोरदार; बलात्कारपूर्ण, जबरदस्तीका; उग्र, प्रबल, प्रचण्ड*, घोर*; शक्तिशाली, बलशाली; (कानून) हिंस्र, हिंसक;
~ abuse, ~ attachments, ~ conduct, ~ blows, ~ collision, ~ contrast, ~ controversy, ~ death, ~ discrepancy, ~ dislike, ~ effect, ~ fluctuations, ~ hands, ~ pain, ~ presumption, ~ reaction, ~ sickness, ~ storm, ~ temper.

violescent a. नील-रक्ताभ, नील-लोहित, नीला-लाल-सा, बैंगनी ।

violet[1] n. नीलपुष्प, बनफशा, वायलेट (पीले, बैंगनी तथा कई प्रकारके रंगोंवाला पौधा (जैसे, *common blue, sweet, dog-* ~); पाटल, रक्तनीलवर्ण, नील-लोहित वर्ण, नीलाभ रक्त, जम्बु रंग, जामनी रंग, बैंगनी रंग; बैंगनी तितली या फतिंगा;
~ black, ~-bloom, ~-blue, ~-brown, ~ carmine, ~-coloured, ~-crowned, ~ cuckoo, ~-dyed, ~embroidered, ~-flowered, ~-hooded, ~-hued, ~-perfume, ~ powder, ~-rayed, ~-red, ~-scented, ~-shrouded, ~-striped, ~ sweet.

violet[2] a. पाटल, नील-लोहित, नील-रक्त, जम्बु रंगका, जामनी रंगका, बैंगनी ।

violin[1] n. वीणिका, वेला, सारंगी, चिकारा; वीणिका-वादक, सारंगी बजानेवाला; *first, second* ~ (आर्केस्ट्रा इत्यादिमें) प्रथम या द्वितीय सारंगी-वादक ।

violin[2]**, -ine** n. नीललोहिति, बैंगनी रस, (मधुर पाटल या नील-लोहित फूलोंवाले पौधोंमें एक वमनकारक तत्त्व) ।

violinist n. वीणिका-वादक, सारंगीबाज ।

violist n. वायल-वादक, सारंगी बजानेवाला ।

violoncellist n. प्रतन्त्रिकावादक, वायोलनसेलो बजानेवाला, कन्धवेला बजानेवाला, सारंगी बजानेवाला ।

violoncello n, (pl. *-s*) प्रतन्त्रिका, वायोलनसेलो (एक प्रकारकी सारंगी या बेला) ।

viper n. पृदाकु, दन्तशूक, नाग, वाइपर (विषैले साँपोंका एक प्रकार); (ला०) मलिन व्यक्ति, दुष्ट व्यक्ति, कपटी पुरुष, प्रतारक, छली, धोखेबाज आदमी ।

viperiform a. पृदाकुरूप, दन्तशूकाकार, वाइपरके आकारका, साँपकी शक्लका ।

viperine a. पृदाकुवत्, दन्तशूक-सदृश, साँप-जैसा, वाइपरका ।

viperish a. साँप-जैसा, विषैला; (ला०) मलिन, दुष्ट, मूजी, कपटी, प्रपंची, छली, धोखेबाज, दगाबाज ।

viperoid a. पृदाकुवत्, साँप-जैसा, वाइपर-सा ।

viperous a. विषैला, जहरीला; (ला०) मलिन, दुष्ट, कपटी, प्रपंची, छली, धोखेबाज, मक्कार ।

viraginian, -nous aa. प्रचण्डस्त्रीवत्, कलहप्रिय, झगड़ालू, लड़ाका ।

virago n. (pl. *-s*) उग्रचण्डा रमणी, कलहप्रिया नारी, कर्कशा स्त्री, कंकाला नारी, झगड़ालू औरत, लड़ाकी औरत; (प्रा०) युद्धकारिणी स्त्री, ऋषभी स्त्री, मर्दानी औरत ।

viral a. विषाक्त, विषाणुयुक्त, (~ *infection*) ।

virazon n. जलसमीर ।

virelay n. (विशे० प्राचीन फ्रांसीसी) कविताका भेद ।

virent a. स्वच्छ, ताजा; श्यामल, हरित, हरा ।

virescence n. श्यामलता, हरियाली ।

virescent a. श्यामल, ईषद्हरित, हरा-सा ।

virga n. फूही, फुहार, झींसी ।

virgate a. शलाकावत्, दण्डाकार, छड़की तरहका, पतला, सीधा ।

virgin[1] n. कन्या, कुमारी, असम्भुक्ता स्त्री, अक्षता तरुणी, अक्षतयोनि नारी, अविवाहिता स्त्री, कुँवारी; संन्यासिनी, साधुनी, सधुआइन; (संक्षिप्त B.V.M.) कुमारी मेरीकी मूर्ति; (बिना गर्भधारण किये अण्डा देनेवाली) मादा कीड़ा; (ग० ज्यो०) = VIRGO; the (blessed) V~ मरियम ।

virgin[2] a. कन्या, कुमारी, अक्षतयोनि, अविवाहिता, कुवारी; असम्भुक्ता, अव्यवहृत, अक्षत, अक्षुण्ण, अछूता, अनछेड़ी, शुद्ध, पवित्र, निष्कलंक, बेदाग (~ *modesty*); कुमारी-सुलभ; (कीड़ोंके लिए) गर्भधारण बिना अण्डा देनेवाली; ~ honey छत्तेवाला शहद; the V~ Queen रानी एलिजाबेथ प्रथम; ~ soil, ~ clay अकृष्टपूर्वा भूमि, परती, कच्ची मिट्टी, अनजुती मिट्टी; ~ gold प्राकृत स्वर्ण ।

virginal[1] n. (इति०; १६-१७वीं शतीमें बजाया जानेवाला) एक प्रकारका बाजा ।

virginal[2] a. कौमार्य-विषयक, कुमारीपनका; कुमारी, अक्षता, अनघ्राता, असम्भुक्ता, शुद्ध, पवित्र, निष्कलंक, बेदाग ।

virginhood, virginity nn. कौमार्य, कुमारीत्व, अक्षतावस्था, सतीत्व, शुद्धता, पवित्रता, निष्कलंकता ।

Virginia n. वर्जिनिया तम्बाकू; ~ creeper अंगूरी बेल ।

Virginian[1] n. वर्जीनियावासी ।

Virginian[2] a. वर्जीनिया-विषयक, वर्जीनिया-सम्बन्धी, वर्जीनियाका ।

virginity n. दे० VIRGINHOOD.

Virgo n. कन्या राशि; चित्रा नक्षत्रका आधा भाग ।

virgule n. शाख, शाखा, टहनी; दण्ड, छड़ ।

virial n. स्थितिकर्म ।

virid a. श्याम, श्यामल, हरित, हरा ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

viridescence n. श्यामाभता, शाद्वलता, ईषद् हरितता, कुछ हरापन।
viridescent a. श्यामाभ, शाद्वल, ईषद् हरित, कुछ हरा, हरा-सा।
viriflorous a. हरिपुष्प, हरे या साँवले फूलवाला।
viridite n. हरिताइम।
viridity n. शाद्वलता, श्यामलता, हरितत्व, हरितवर्णत्व, हरियाली, हरियावल, सब्जी।
virile a. पौरुषेय, पुरुषार्थी, पौरुषयुक्त, पुरुषार्थका, पुरुषोचित, वीर्यवान्, वीर्यान्वित, सतेज, प्रजनन-क्षम, पौरुषिक-बल-सम्पन्न, जोरदार।
virilescence n. (मादा द्वारा) नरके लक्षण, नरत्व।
virility n. वीर्य, वीर्यवत्ता, पुंस्त्व, पौरुष, पुरुषत्व, नरत्व, पुरुषार्थ, मर्दानगी।
virology n. विषाणु-विज्ञान।
virose a. = VIROUS.
virous a. विषाक्त, विषमय, विषैला, जहरीला।
virtu n. ललित-कला-प्रेम; औत्सुक्य, उत्सुकता, ज्ञानीहा, ज्ञानेप्सा, जिज्ञासा; objects of ~ प्राचीन कलात्मक पदार्थ।
virtual a. (शिथिल) यथार्थ, वास्तविक, असली, हकीकी; प्रतीयमान, सम्भाव्य, आभासी (जैसे, ~ *focus, height*); ~ velocity सूक्ष्म प्रवेग।
virtuality n. प्रतीयमत्ता, आभास, सम्भाव्यता, सम्भावना; (शिथिल) यथार्थता, वास्तविकता।
virtually adv. यथार्थतः, वस्तुतः, कार्यतः; प्रभावतः, फलतः; सम्भवतः।
virtue n. पुण्य, धर्म, सुकृत, साधुता, सदाचार, नैतिक उच्चता, नैतिक विशालता; सुजनता, उत्तमता, भलापन, अच्छापन, भलाई, नेकी; कौमार्य, कुमारीपन; सतीत्व, शुद्धता, पवित्रता, उत्तम गुण; बल, शक्ति, क्षमता, सामर्थ्य, जोर; सद्गुण, उत्तम गुण, अच्छा गुण; (pl.) देवदूतकी सप्तम श्रेणी (सद्गुण), दे० ORDER[1]; theological ~s धार्मिक गुण (विश्वास, आशा, दान); *by* or *in ~ of* के बलसे, की शक्तिसे, की ताकतसे; के कारणसे, की बदौलत, की वजहसे; *make a ~ of necessity* बाध्य होकर भी अप्रियको प्रिय कर्तव्य समझकर करना; *~ is its own reward* धर्म जीवनका परम फल है।
virtueless a. अधर्मी, असज्जन, असाधु, असदाचारी, नैतिक-उच्चता-रहित; भ्रष्ट, असती, अपवित्र, अशुद्ध, खराब; कौमार्यशून्य, कौमार्यरहित; निर्गुणी, अगुणी, विगुणी, गुणहीन, निगुना, निकम्मा; बलहीन, शक्तिहीन, प्रभावशून्य, सामर्थ्यरहित, असमर्थ, बेअसर।
virtuosity, virtuososhiip nn. कलाज्ञता, कलामर्मज्ञता, कलाविज्ञता, कलाकारिता, कलादक्षता, कलानिपुणता, कलाप्रवीणता; कलानुराग, कलास्नेह, कलाप्रेम।
virtuoso n. (pl. *-si*) कलाज्ञ, कलामर्मज्ञ, कलाविज्ञ, कलाविद्, कलाकार, कलास्नेही, कलानुरागी, कलापारखी।
virtuous a. सत्, साधु, सदाचारी, सज्जन, धर्मात्मा, धर्मपरायण, धर्मशील, पुण्यशील, पुण्यात्मा, उत्तम, अच्छा, भला, नेक (~ *life*); कुमारी, पतिव्रता, सती, शुद्ध, पवित्र, निष्कलंकिनी; सद्गुणी, गुणवान्, गुणशील।
virtuousness n. पुण्यता, साधुत्व, सदाचार, सज्जनता, धर्मपरायणता, धार्मिकता, धर्मात्मत्व, उत्तमता, अच्छाई, भलाई, नेकी; कौमार्य, सतीत्व; शुद्धता, पवित्रता, निष्कलंकत्व; सद्गुणता, गुणवत्ता, गुणशीलता।
virulence, -cy nn. विषाक्तता, विषपूर्णता, जहरीलापन; घातकता, सांघातिकता; कटुता, कड़वापन; उत्कटता, उग्रता, प्रचण्डता, सख्ती; तीव्रता, तीक्ष्णता, तीखापन; तेजी; विषमता।
virulent a. विषाक्त, विषपूर्ण, विषधर, विषभरा, विषैला, जहरीला; (चिकि०) अनिष्टकर, घातक, सांघातिक (~ *ulcer*); उत्कट, उग्र, प्रचण्ड, तीक्ष्ण, तीखा, सख्त, तेज, जोरदार (~ *animosity, epidemic*)।
viruliferous a. विषाणुजनन, विषाणुकर।
virus n. विषाणु, संक्रामक विष, स्पर्शक्रामक विष, छूतसे फैलनेवाला जहर, वायरस; (ला०) द्वेष, मलिनता, तीखापन, कड़वापन; नैतिक विष।
vis n. बल, शक्ति, बस, जोर, ताकत।
visa n. & v.t. VISE[1·2].
visage n. मुख, मुखश्री, आकृति, अनुहार, छवि, मुँह, चेहरा, शक्ल सूरत।
visaged a. आकृतिवान्, आकृतिका, अनुहारका, चेहरेवाला, शक्लका, सूरतका; सुन्दर।
visard n. दे० VISOR.
vis-a-vis[1] n. सम्मुखीन व्यक्ति, सम्मुख स्थित व्यक्ति, आमने-सामने बैठा व्यक्ति; आमने-सामनेकी सीट या गाड़ी।
vis-a-vis[2] a. & adv. मिथः उन्मुख, परस्परोन्मुख, सम्मुखीन, आमने-सामने; विषयमें, सम्बन्धमें, बारेमें; तुलनामें, समतामें।
viscacha, vlz- n. (दक्षिण अमरीकी) खरगोश।
viscera n. अन्त्रस्थ, अभ्यन्तरांग, अन्तरंग, आशय, देहगुहान्तर; कोष्ठांग; अन्त्र, आँत, अँतड़ियाँ।
visceral a. आन्त्रःस्थ, आन्तरावयवीय, आशयिक (~ *arch*); अन्त्रीय, आँतका, अँतड़ियोंका (~ *membrane*)।
viscerate v.t. आँत निकालना, पेट खाली करना।
viscerogenic a. दैहिक, आन्तरिक, अन्तरंग।
viscid a. श्यान, आलग, सान्द्र, चिपचिपा, लसलसा, लसदार, लुआबदार (~ *mass*)।
viscidity n. आलगत्व, श्यानता, सान्द्रता, चिपचिपाहट, लसलसाहट, लसलसापन।
viscidize v. i. आलगीकृत करना, आलगीभूत होना, श्यान बनाना या होना, चिपचिपा बनाना या होना, लसलसा बनाना या होना।
viscidness n. = VISCIDITY.
viscin n. आलगि, श्लेष्मरस, लासा।
viscometer n. आलगमान, श्यानतामापी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

viscometry n. आलगमिति, श्यानतामिति ।

viscose १. n. श्लेष्म, कलफ; २. a. आलग, सान्द्र, श्यान, लसलसा ।

viscosity n. = VISCOUSNESS.

viscount n. उपसामन्त, वाइ-काउण्ट ।

viscountcy, viscountship, viscounty nn. उपसामन्तपद, उपसामन्ती, वाइ-काउण्टका पद या क्षेत्र या स्थान ।

viscountess n. उपसामन्त-पत्नी, उपसामन्तिन, उपसामन्तकी स्त्री, वाइ-काउण्टकी पत्नी, वाइ-काउण्टेस ।

viscous a. (भौ०) आलग, सान्द्र, श्यान, चिपचिपा, लसलसा, लसदार, लुआवदार (*~ liquid, resistance*) ।

viscousness n. (भौ०) आलगत्व, सान्द्रता, श्यानता, गाढ़ापन; चिपचिपाहट, लसलसाहट, लसदारी, लसलसापन ।

vise[1] n. (पारपत्रका) दृष्टांक, अनुवेश-पत्र, अनुमति-पत्र, प्रमाणीकरण सूचक चिह्न, तसदीकी मुहर; वीक्षा; वीसा ।

vise[2] v.t. पारपत्रपर दृष्टांक लगाना; प्रमाणित करना, वीक्षा करना ।

visibility n. दृश्यता, दृश्यमानता, दृष्टिगोचरता, स्पष्टता, प्रत्यक्षता; (धातुवि०, नौवि०, पदार्थोंको देखनेके लिए) वायुगत अनुकूलता ।

visible a. दृश्य, दृश्यमान, चक्षुर्ग्राह्य, नेत्रविषयगत, नयनपथवर्ती, दृष्टिगोचर, दिखाऊ (*~ light, region*); व्यक्त, प्रकट, स्पष्ट, प्रत्यक्ष, जाहिरी, खुला, साफ (जैसे, *has no ~ means of support*); मिलनार्थ सन्नद्ध, भेंट करनेको उद्यत (*is she ~ ?*); *~ church* ईसाई लोग; *~ speech* वर्णमाला ।

visibleness n. दृश्यता, दृष्टिगोचरता; स्पष्टता, प्रत्यक्षता ।

visibly adv. प्रत्यक्षतः, स्पष्टतः, प्रत्यक्ष रूपसे, स्पष्ट रूपसे, व्यक्त रूपसे, देखनेमें ।

visile a. दर्शनापेक्षी, दर्शनोत्सुक ।

vision[1] n. दर्शन, दर्शनशक्ति, अवलोकन, अवलोकन-शक्ति, दृष्टि, दृष्टिशक्ति, नजर, निगाह (*beyond our ~*); आभास, छाया, झलक, झाँकी; स्वप्नगत वस्तु, स्वप्न, सपना; कल्पना, दिवास्वप्न, मनःसृष्टि, मनोरथ (*romantic ~s of youth*); मृगतृष्णा; माया, धोखा; भूत; राजनीतिक दूरदृष्टि, राजनीतिक चातुर्य, राजनीतिक दूरदर्शिता; field of *~* दृष्टिसीमा; reflected *~* (प्रकाश-किरणोंके कारण) प्रतिबिम्बित या विकृत दृष्टि, परावृत दृष्टि; refracted *~* (प्रकाशकिरणोंके कारण) विवर्तित दृष्टि, भुजायित दृष्टि ।

vision[2] v.t. अवलोकन करना, दर्शन करना, देखना; दृष्टिगत करा देना, हाजिर करना; झाँकी दिखाना, छायारूपमें उपस्थित करना ।

visional a. दृष्टि-सम्बन्धी; मायावी, मायाग्रस्त, भ्रममय, अवास्तविक, असत्य, काल्पनिक, अव्यावहारिक, ख्याली ।

visionariness n. भ्रम, भ्रान्ति, स्वप्नदर्शिता, कल्पना-प्रियता, अवास्तविकता, असत्यता, अव्यवहार्यता, ख्याली-पन, वहम, खब्तीपन ।

visionary[1] n. मायाग्रस्त जीव, कल्पनाविहारी व्यक्ति, भ्रममें पड़ा हुआ व्यक्ति, स्वप्नद्रष्टा, स्वप्नदर्शी पुरुष, सपना देखनेवाला, ख्याली आदमी, वहमी इन्सान ।

visionary[2] a. भ्रमग्रस्त, मायाग्रस्त, स्वप्नदर्शी, कल्पना-प्रिय, काल्पनिक, अवास्तविक, असत्य, अव्यवहार्य, ख्याली, वहमी ।

visionist n. = VISIONARY[1].

visionless a. दृष्टिहीन, अन्धा; आभासरहित ।

visit[1] n. दर्शन, संदर्शन, साक्षात्कार, भेंट, मिलन, मुलाकात, अभ्यागम, दर्शनार्थ गमन (*was on a ~ to some friend*); अल्पवास, अस्थायी निवास; निरीक्षण, वीक्षण, मुआइना; *~ and search* वीक्षान्वेषण ।

visit[2] v.t. दर्शन करना, संदर्शन करना, साक्षात्कार करना, मिलना, भेंटना; भेंट करने जाना, मिलने जाना, देखने जाना, मुलाकात करने जाना, अतिथि रूपमें जाना, पाहुना होना, मेहमान बनकर जाना; वीक्षण करने जाना, निरीक्षण करने जाना, मुआइना करने जाना (*had no time to ~ Tower*); (बीमारी इत्यादिका) आक्रमण करना या होना, हमला करना या होना; विपत्ति आना, संकट आना; (बाइ०) दण्ड देना, सजा देना; (पापादिका) प्रक्षालन करना, प्रायश्चित्त करना, प्रतिशोध लेना, बदला लेना; आशीष देना, आशीर्वाद देना; सान्त्वना देना, सुख देना, आराम देना; *~ together* ⊙ परस्पर भेंट करना; *~ with* किसीके साथ बातचीत करना; *~ with him* ⊙ (किसीसे) मुलाकात करने जाना ।

visitable a. दर्शनीय, संदर्शनीय, साक्षात्कारयोग्य; वीक्षणीय, निरीक्षणीय, मुलाकात करने योग्य ।

visitant[1] n. प्रवासी पक्षी, सैलानी चिड़िया; (काव्य०, भाषण) अभ्यागत, गृहागत, दर्शक, मेहमान, पाहुना; (*V ~*; बालिकाओंकी शिक्षासे सम्बन्धित) गिरजाकी शिक्षिका संन्यासिनी ।

visitant[2] a. आगन्तुक, अभ्यागत, दर्शी, दर्शनाभिलाषी, साक्षात्कर्ता, मिलनेवाला, भेंट करनेवाला, मुलाकात करने-वाला ।

visitation n. संदर्शन, परिदर्शन; वीक्षण, निरीक्षण, परख, जाँच, मुआइना; अभ्यागमन, भेंट, मुलाकात; (बोल०) दीर्घकालीन आतिथ्य, लम्बी मेहमानी; दैवदुर्विपाक, ईश्वरीय दण्ड, विपदा, आफत; (ईसाकी माँ एवं एलिजाबेथके मिलन-अवसरपर आयोजित) सम्मानसमारोह; (पक्षियोंका बड़ी संख्यामें) आकस्मिक देशान्तरगमन (*~ of locusts*); पोतस्तम्भन (*state's right of ~*)।

visit(at)orial aa. दर्शकीय; आगन्तुकीय; निरीक्षक-विषयक ।

visiting n. दर्शन, सन्दर्शन, मिलन, भेंट, मुलाकात (*have a ~ acquaintance with him*); आतिथ्य, मेहमानी; आवागमन, आवाजाही; वीक्षण, निरीक्षण, मुआइना; *~-book* आगन्तुक-पंजी; *~-card* संदर्शन-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

पत्र, मिलन-पत्र, मुलाकाती कार्ड; ~ committee वीक्षक समिति; ~ hours मिलनेका समय, भेंटका समय।

visitor n. दर्शक, दर्शनार्थी, मिलनार्थी, मुलाकाती; अतिथि, अभ्यागत, आगन्तुक, मेहमान; संदर्शक, परिदर्शक, वीक्षक, निरीक्षक, निरीक्षणाधिकारी, मुआइना करनेवाला, दौरेपर आनेवाला अधिकारी; ~s' book (होटल इत्यादिमें) दर्शक-पंजी, अभ्यागन्तुक बही; ~s' gallery दर्शक-दीर्घा।

visor, -zor, visard, -zard nn. (इति०, शिरस्त्राण-संलग्न) मुखावरण, चेहरा; टोपीका निकला हुआ अग्रभाग, टोपीका परदा; (इति०) आवरण, छद्मवेष, चेहरा, घूँघट, पर्दा, बुर्का, नकाब।

visored a. आवृत्त, आवरणमय, घूँघटवाली, पर्दादार, पर्दानशीन, बुर्केवाली, नकाबपोश।

visorless a. आवरणहीन, आवरणरहित, घूँघटरहित, बेपर्दा, बेनकाब।

vista a. वीथी, वीथि, वीथिका; तरुपंक्ति, (दोनों ओर स्थित वृक्षपंक्तियोंके बीचका लम्बा दृश्य); (विशे० मानसिक) सिंहावलोकन, अन्वेषणा; स्मृतिपरम्परा, पूर्वानुभूत घटनाओंका दृश्य-क्रम (*searched the dim ~ of his childhood*)।

vista'd a. वीथिकायुक्त, तरुपंक्तिवत्; अन्वेषी; क्रमयुक्त, क्रमिक।

visual a. दार्ष्टिक, दृष्टिगत, दृष्टि-सम्बन्धी, चाक्षुष, नैत्रिक, नेत्रीय, नजरी, आँखका;
~ acuity, ~ aid, ~ angle, ~ axis, ~ education, ~ inspection, ~ nerve, ~ organ.

visuality n. चाक्षुषता, दार्ष्टिकता, नैत्रिकता; दृष्टि,नजर।

visualization n. मनसेक्षण, मानसदर्शन; प्रत्यक्षीकरण, निरूपण, सन्दर्शन, स्पष्टीकरण; दृष्टांकन, दृष्टिगत चित्रण; मानसचित्र।

visualize v.t. दृश्यमान करना, दृष्टिगत करना, दृष्टिगोचर करना; (विचार इत्यादिका) बाह्यनिरूपण करना; बाहरी रूप देना; व्यक्त करना; (अनुभूत या पूर्वावलोकित वस्तुओंका) मनसेक्षण करना, मानसदर्शन करना, मानसपटलपर अंकित करना।

vita glass n. ओजकिरणग्राही काच।

vital[1] n. (pl.) मर्मस्थान, मर्माग, मार्मिक अवयव (जैसे, फेफड़ा, मस्तिष्क आदि)।

vital[2] a. जैव, प्राणीय, प्राणधारक, प्राणभूत, प्राणमूलक, जीवनगत, जीवनप्रद, जीवयुक्त, सजीव जीवी, जीवनधारक, जानदार, जीता; जीवन-रक्षक, जीवन-दायक; महत्त्वपूर्ण, अत्यावश्यक (~ *modifications*); मार्मिक (*wounded in a ~ part*); जीवनावश्यक; सांघातिक, प्राणघाती, क्षतिकारक; ~ air जीवाधार वायु; ~ area मर्मक्षेत्र; ~ function जीवनकार्य; ~ statistics जन्ममृत्युके आँकड़े।

vitalism n. (जीववि०) जीवनवाद, जीवनीशक्तिवाद, जीवबलवाद, जीववाद, प्राणवाद।

vitalist n. जीवनशक्तिवादी, जीवबलवादी, प्राणवादी।

vitalistic a. जीवबलवादी, प्राणवादी, जीवनीशक्तिवादीय; ~ theory जैववाद।

vitality n. सजीवता, प्राणमूल, ओज, जीवनतत्त्व, प्राणशक्ति, जीवनबल, जीवनीशक्ति, चेतनत्व, चेतना, जीवधारण-क्षमता, बल, ताकत; (ला० किसी संस्था या भाषाका) ओज, कार्यशक्ति।

vitalization n. जीवन, जीवन-संचरण, जीवनशक्ति-दान; सप्राणकरण, तेज-प्रदान।

vitalize v.t. जीवित करना, जीवन-संचार करना, जीवनीशक्ति देना; सतेज करना, तेज प्रदान करना।

vitalizing a. जीवनदाता।

vitamin n. जीवति, खाद्योज, खाद्यप्राण, विटामिन;
~ activity, ~ concentrates, ~ deficiency, ~ preparation, ~ products, ~ technology.

vitaminize v.t. खाद्योजित करना, खाद्योजमय करना, विटामिन बढ़ाना।

vitascope n. बायस्कोप।

vitellin n. अण्डपीत-प्रोभूजिन, अण्डेकी जर्दीका प्रोटीन।

vitelline a. अण्डपीत-, जरदीका (~ *membrane, vein*)।

vitellus n. अण्डपीत, अण्डेकी जरदी।

vitiate v.t. दूषित करना, प्रदूषित करना, कलुषित करना, कलंकित करना, भ्रष्ट करना, विकृत करना, खोटा करना, बिगाड़ना, खराब करना; निष्फल करना, अनुपयोगी कर देना, निरुपयोगी कर देना, व्यर्थ करना, बेकार कर देना, प्रभावरहित कर देना, बेअसर कर देना (*a word may ~ a contract*)।

vitiated a. दूषित, कलुषित, विकृत (~ *air, mind*)।

vitiating a. दूषक, विकारी (~ *factor*)।

vitiation n. दूषण, कलुष, विकार, बिगाड़, खराबी।

vitiator n. दूषक, प्रदूषक, विकारी, विकृत करनेवाला, खराब करनेवाला।

viticultural a. द्राक्षोत्पादनीय, अंगूरकी खेतीका।

viticultur(al)ist n. द्राक्षोत्पादक, अंगूर उपजानेवाला।

viticulture n. द्राक्षोत्पादन, अंगूरकी खेती।

vitifolius n. (वन०) द्राक्षापर्ण, अंगूरका पत्ता।

vitiosity n. = VICIOUSNESS.

vitreous a. काचीय, काचाभ, काचवत्, काचमय, काचसदृश, शीशेके समान, शीशेका, काँचका (~ *lustre*); ~ body काचारकाय।

vitreousness, vitreosity nn. काचवत्ता, काचयुक्तता, काचीयता।

vitrescence n. काचरणीयता, काचीयता।

vitrescent a. काच-निर्माण-योग्य, शीशा बननेवाला।

vitrescible a. = VITRIFIABLE.

vitrifaction n. काचीयन, शीशेमें परिवर्तन।

vitrifiability n. काचमें रूपान्तरण या परिवर्तनशीलता।

vitrifiable a. काचाभ, काचरूपान्तरणीय, शीशेमें

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

बदलने लायक (~ *earth*)।

vitrification n. काचरीयण, काचमें रूपान्तरण।

vitrified a. काचरूपान्तरित, शीशेमें परिवर्तित।

vitriform a. काचाकार, शीशेके आकारका।

vitrify v.t. काचमें परिणत करना, शीशेमें बदलना; काच बनाना, शीशेका-सा बनाना, शीशा बनाना।

vitriol n. काचर लवण; तुत्थांजन. कामीस; गन्धकाम्ल, गन्धकका तेजाब; (ला०) मर्मभेदी वक्तृता, तीव्र भाषण, फड़कते वचन; कटु समीक्षा, प्रखर समालोचना, कटु समालोचना (~ *throwing*); तेजस्विता, प्रफुल्लता।

vitriolate v.t. गन्धकाम्ल बनाना, गन्धकका तेजाब बनाना।

vitriolation n. गन्धकाम्लसे विषाक्तीकरण, गन्धकाम्लसे विष-निर्माण; गन्धकाम्ल-दाहन, गन्धकके तेजाबसे जलानेका कार्य।

vitriolic a. गन्धकाम्लीय, गन्धकाम्लका, गन्धकके तेजाबका; गन्धकाम्लसदृश, गन्धकके तेजाबका-सा; ~ acid गन्धकका तेजाब।

vitrioline a. गन्धकाम्लका।

vitriolizable a. गन्धकाम्ल बनाने योग्य।

vitriolization n. गन्धकाम्ल-निर्माण।

vitriolize v.t. गन्धक द्रावक लवण बनाना, गन्धकका नमक बनाना।

vitta n. (pl. *-ae*) (रोमन पुरातत्त्व) वन्दनवार, झालर; (वन०) फलकी तैलनली।

vituline a. बछड़े या बछेरेका।

vituperate v.t. अधिक्षेप करना, तिरस्कार करना, निन्दा करना, निर्भर्त्सना करना, भर्त्सना करना, अनुचित ठहराना, डाँटना, फटकारना, भलाबुरा कहना, आड़े हाथों लेना, लानत देना।

vituperation n. अधिक्षेप, तिरस्कार, निन्दा, निर्भर्त्सना, भर्त्सना, अनुचित कथन, अपशब्द, गाली, झिड़की, डाँट, फटकार, लानत।

vituperative a. अधिक्षेपात्मक, तिरस्कारात्मक, निन्दास्पद, भर्त्सनामय।

vituperator n. अधिक्षेपक, तिरस्कर्ता, निन्दक, निन्दा करनेवाला, अनुचित कथन करनेवाला, झिड़कनेवाला, डाँटनेवाला, फटकारनेवाला, लानत देनेवाला।

viva दे० VIVA VOCE[1,2].

vivacious a. सजीव, जीवन्त, हृष्ट, सोत्साह, प्रफुल्ल, उल्लसित, उल्लासपूर्ण, उत्साहपूर्ण, प्रमुदित, जोशीला, जिन्दादिल; प्रबल, सबल, ओजपूर्ण, जोरदार; (वन०) सदाबहार, बारहमासी।

vivaciousness n. = VIVACITY.

vivacity n. सजीवता, जीवन्तता, हृष्टता, उत्साह, प्रफुल्लता, उल्लास, आनन्द, जोश, जिन्दादिली।

vivarium n. पशुशाला, प्राणि-उद्यान, जन्तु-वाटिका, चिड़ियाखाना, चिड़ियाघर।

vivary n. पशुशाला, चिड़ियाघर।

viva voce[1] n. (संक्षिप्त रूप *viva*) मौखिकी, मौखिक परीक्षा, जबानी इम्तहान।

viva (-voce)[2] v.t. मौखिक परीक्षा लेना, जबानी इम्तहान लेना।

viva voce[3] a. वाचिक, वाचनिक, मौखिक, जबानी, मुँहबोला (~ *examination*)।

viva voce[4] adv. मौखिक रूपसे, जबानी तौरपर।

vive int. जिन्दाबाद!

vivers n. pl. (स्कॉटलैण्ड) खाद्य, भोज्य पदार्थ, भक्ष्य पदार्थ, भोजन-सामग्री, रसद।

vives n. कर्णरोग, कर्णग्रन्थि शोथ (विशे० घोड़ोंका)।

vivid a. जीवनयुक्त, जीवन्त, सजीव; सुस्पष्ट (~ *imagination*); (प्रकाश या रंगके लिए) विशद, परिस्फुट, चमकीला, चमकदार, चटकीला, भड़कदार, भभूका, भड़कीला (~ *flash of lightning*); (मानसिक गुण या संस्कारके लिए) ओजपूर्ण, बलशाली, शक्तिशाली, प्रभावपूर्ण, तीव्र, तेज।

vividity, -ness n. सजीवता, जीवन्तता, जीवितवत्ता; विशदता, परिस्फुटता, चटक, चमकीलापन, भड़कीलापन; ओजपूर्णता, बलशालिता, शक्तिशालिता।

vivific a. अनुप्राणक, सजीवक, जीवनदायी, जान फूँकनेवाला, जीवनदान देनेवाला।

vivificate v.t. = VIVIFY

vivification n. अनुप्राणन, सजीवन, जीवन देना, जान फूँकना, जिन्दादिल करना।

vivifier n. अनुप्राणक व्यक्ति, सजीवक पुरुष, जीवनदायी व्यक्ति, जान फूँकनेवाला, जीवनदान करनेवाला।

vivify v.t. अनुप्राणित करना, सजीव करना, जीवन देना, जान डालना, प्राण फूँकना, जिन्दादिल बनाना, जिलाना; तीव्र करना।

viviparism, viviparity, viviparousness nn. जीवजत्व, जरायुजता, अपत्यप्रसवन, सजीव-सन्तान-जनन (अण्डे देकर नहीं)।

viviparous a. (जन्तुवि०) जरायुज, जीवज, पिण्डज, सजीव-सन्तान-प्रसू (विलोम OVIPAROUS); (वन०) अपत्यप्रसू, आत्मवत्-प्रसविनी, अपनेसे ही बीज अंकुरित करनेवाला।

vivipary n. = VIVIPARITY.

vivisect v.t. (जानवर आदिको) जीवित रूपमें चीरना-फाड़ना, चीरफाड़ करना।

vivisection n. (जीवित प्राणीका) अंगच्छेद, चीर-फाड़; (शिथिल अर्थमें) सुई, टीका।

vivisectional a. अंगच्छेदीय, चीरफाड़-सम्बन्धी।

vivisectionist, vivisector nn. अंगच्छेदक, चीर-फाड़ करनेवाला।

vixen n. कुररी, शृगालिनी, सियारिन; मादा लोमड़ी, लोखरी, लोखड़ी; चण्डी, कंकालिनी, कर्कशा रमणी, कलहप्रिया नारी, लड़ाकी औरत।

vixenish, vixenly aa. चण्डा, कंकालिनी, कर्कशा,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

कलहप्रिया, झगड़ालू, लड़ाकी।

viz adv. अर्थात्, नाम्ना, नामशः, नामसे।

vizard n. = VISOR.

vizcacha n. दे० VISCACHA.

vizi(e)r n. मन्त्री, वजीर; grand ~ तुर्कीका प्रधान मन्त्री।

vizi(e)rate, vizi(e)rship nn. मन्त्रित्व, वजीरी, वजारत।

vizi(e)rial a. मन्त्रीय, मन्त्री-सम्बन्धी, मन्त्रीका, वजीरका।

vizor n. VISOR.

Vlach a. & n. फ्लेक, रूमानी, लैटिनभाषी, दक्षिण-पूर्वी यूरोपीय।

vocable n. नाम; पद, शब्द, बोल।

vocabulary n. शब्द-संग्रह, शब्द-भण्डार, शब्दार्थ-दीपिका, शब्दावली; अभिधान, शब्दकोश (*his ~ is limited*)।

vocabulist n. कोषकार, शब्दकोष-रचयिता।

vocal[1] n. (वर्ण०) उच्चार, स्वर; (रोमन कैथोलिक चर्च) मताधिकारी।

vocal[2] a. वाचिक, वाग्जात, वाणियुक्त, उच्चरित, स्वरोच्चारित, स्वर-विषयक, स्वरका, आवाजमेंका (~ *communication*); स्वरवान्, ध्वनिमय; (ध्वनि०) ध्वनित, स्वरकी प्रकृतिका; ~ cords घोषतन्त्री, स्वरतन्त्र, स्वर-रज्जु, स्वरयन्त्र; ~ music कण्ठसंगीत।

vocalic a. (वर्ण०) वाचिक, स्वर-सम्बन्धी, स्वरका (~ *resonance*); ~ declension अजन्त शब्दरूप।

vocalism n. स्वर-प्रयोग, स्वर-साधना, ध्वनि-व्यवहार; (वर्ण०) स्वर-ध्वनि।

vocalist n. गायक, गवैया, रागी।

vocality n. वाचिकता, उच्चारण; गानक्षमता।

vocalization n. कण्ठ-साधना, स्वर-साधना, स्वरोच्चारण।

vocalize v.t. & i. स्वरित होना, सघोष होना (f *is ~ed into* v); स्वररूप देना, स्वर लगाना, स्वरान्वित करना; उच्चारण प्रकट करना, स्पष्टोच्चारण करना; (हिब्रू आदिमें) स्वर-बिन्दुसे लिखना; (हास्य०) चीखना, चिल्लाता, भनभनाना, गुनगुनाना, आवाज करना. बोलना;(संगीत) कण्ठ-साधना करना, गीत गाना।

vocation n. (ईश्वरीय) आह्वान, पुकार, मुनादी, बुलावा; वृत्ति, व्यवसाय, जीविका, नियोग, धन्धा, काम, पेशा, रोजगार (*all ~s are overcrowded*)।

vocational a. आह्वानीय, आह्वान-विषयक, पुकार-सम्बन्धी; व्यावसायिक, जीविका-सम्बन्धी, पेशेका, रोजगारका (~ *education, school*)।

vocative[1] n. सम्बोधन-पद; सम्बोधन कारक।

vocative[2] a. (व्या०) सम्बोधनमें व्यवहृत, सम्बोधक।

vociferance n. चीत्कार, कोलाहल, चीख, चिल्लाहट, चिचियाहट, शोरगुल, हल्ला।

vociferant[1] n. चीत्कारी, कोलाहलयुक्त, चीखनेवाला, चिल्लानेवाला, चिचियानेवाला, शोरगुल करनेवाला।

vociferant[2] a. चीत्कारमय, चीखभरा, चिल्लाहटवाला, चिचियाता, शोरगुलवाला।

vociferate v.t. कोलाहल करना, चीत्कार करना, चीखना, चिल्लाना, चिचियाना, हल्ला मचाना, शोर मचाना।

vociferation n. आक्रोश, उद्घोष, कोलाहल, चीत्कार, चीख, चिल्लाहट, चिचियाहट, गुलगपाड़ा, शोरगुल।

vociferator n. चीत्कर्ता, चीत्कारकर्ता, चीखनेवाला, चिल्लानेवाला, चिचियानेवाला, जोरसे पुकारनेवाला।

vociferous a. कोलाहलपूर्ण, चीत्कारकारी, चीखनेवाला, चिल्लानेवाला, चिचियानेवाला, शोर-गुल मचानेवाला, हल्ला मचानेवाला।

vociferousness n. कोलाहलपूर्णता, चीत्कार, चीख, चिल्लाहट, चिचियाहट, हंगामा, हल्ला-गुल्ला, शोरगुल।

vodka n. वोदका (रूसमें निर्मित और व्यवहृत राई आदिकी शराब)।

voe n. खाड़ी।

vogal, vogle nn. कन्दरा, दरी, गह्वर, गुहा, गुफा।

vogue n. प्रवृत्ति, रीति, पद्धति, प्रथा, व्यवहार, प्रचलन, चलन, चाल, दस्तूर, ढंग, रिवाज, फैशन (जैसे, *large hats are the ~*); सार्वजनिक व्यवहार, सार्वजनिक रूप, प्रचलित प्रयोग; *in ~* चलित, प्रचलित, व्यवहृत, प्रयुक्त, व्यवहारमें, चलनमें, फैशनमें।

voguish a. प्रचलित, रिवाजी, फैशनका।

voice[1]* n. वाणी, रव, स्वर*, नाद, ध्वनि, शब्द, बोल, आवाज*; भाषा; स्वरप्रयोग, स्वरोच्चारण, अभिव्यक्ति, बोली (*gave ~ to his indignation*); (ला०) अभिप्राय, मत, विचार; पुकार, चीख; आज्ञा, हुक्म; मतप्रकाशनाधिकार, बोलने या राय जाहिर करनेका हक (*I have no ~ in the matter*); (ध्वनि०) स्वरयन्त्र द्वारा उच्चारित स्वर, लय; (व्या०) वाच्य; active ~ कर्तृवाच्य; impersonal ~ भाववाच्य; passive ~ कर्मवाच्य; *has lost her ~* (संगीतमें) उसका गला खराब हो गया है; *is not in ~* स्वर खराब हो गया है, आवाज बिगड़ी हुई है, कामकी नहीं है; *the ~ of the people is the ~ of God* लोकवाणीको भगवान्‌की वाणी समझो; *with one ~* एकमत होकर, सर्वसम्मतिसे, एक स्वरसे।

voice[2] v.t. उच्चारित करना, उच्चारण करना, बोलना, कहना; मत व्यक्त करना, विचार-प्रकाशन करना, राय जाहिर करना; प्रकाश करना, प्रचार करना, प्रकट करना (~ *feelings*); (संगीत) आरगन बाजेकी ध्वनिके गुण और उसके स्वरको मिलाना।

voiced a. सघोष, ध्वनित, स्वरित, नादित।

voiceful a. (का०) ध्वनिपूर्ण, मुखर, उच्चशब्दकारी, प्रखर आवाजका।

voiceless a. स्वरविहीन, अवाक्, मौन, मूक, गूँगा, नीरव, निःस्तब्ध, निःशब्द, चुप, बेआवाज; (ध्वनि) अघोष, अनुच्चरित।

voicelessness n. स्वरविहीनता, वाणिहीनता, मौन,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

मूकता, गूँगापन, चुप्पी; नीरवता, निस्तब्धता।

void[1] n. रिक्त स्थान, शून्य स्थान, रीता स्थान, खाली जगह (*vanished into the* ~); (ला०) रिक्तता, शून्यता (~ *of the heart*)।

void[2] a. रिक्त, शून्य, रीता, खाली, वीरान, सूना (~ *space*); (विशे०, प्रतिज्ञा, संविदा या ठेका आदिके लिए) अवैध, प्रवृत्तिहीन, अमान्य, अशक्त, असिद्ध, अप्रमाणित, नाजायज (~ *marriage*); (का०, भाषण०) वृथा, व्यर्थ, निष्फल, निरर्थक, प्रभावहीन, बेकार, निकम्मा; अनधिकृत; असार; null & ~ अमान्य, अशक्त, असिद्ध, अप्रमाणित, रद; ~ of (किसी वस्तुसे) रिक्त, रीता, शून्य, खाली (*a proposal wholly* ~ *of sense*)।

void[3] v.t. अवैध करना, शून्य बनाना; खाली करना, छोड़ना; निकालना।

voidable a. शून्यकरणीय, विवर्ज्य, विवर्जनीय, त्याज्य, अमान्य, परित्यक्तव्य, त्यागने योग्य, छोड़ने लायक (~ *contract*)।

voidance n. (पादरीवृत्तिसे) निष्कासन, निःसारण, बहिष्करण, दूरीकरण; (पादरीके पदकी) रिक्तता; अमान्यीकरण, अशक्तीकरण, निष्फल कर देनेकी क्रिया; त्याग, परित्याग।

voided a. रिक्त, रीता, शून्य, खाली; अमान्यकृत; परित्यक्त, छोड़ा हुआ।

voidness n. रिक्तता, शून्यता, रीतापन, खालीपन; अमान्यता, अशक्ति, अप्रामाणिकता; व्यर्थता, निष्फलता, निरर्थकता; प्रभावहीनता, प्रभावशून्यता।

voile n. विरली (पतला अर्द्ध पारदर्शक सूती, ऊनी या रेशमी पोशाकका कपड़ा), वायल।

vola n. पाणि, कर, हाथ।

volant a. उड्डयी, उड्डीयमान, उड़ता हुआ, उड़ने योग्य; (अग्र०) उड़ाकू, उड़नेकी ताकत रखनेवाला; (का०) तीव्र, तेज, चुस्त, फुर्तीला; तत्पर, सन्नद्ध; चतुर, चालाक, होशियार।

volar a पाणि-विषयक, कर-सम्बन्धी, हाथका।

volatile a. उड्डायी, लोल, उत्पत, शीघ्र वाष्पशील, वायुपरिणामशील, भाप बनकर उड़ जानेवाला (~ *oil*); (ला०) सजीव, जानदार, प्रमुदित, प्रफुल्लित, जिन्दादिल (~ *wit, writer*); परिवर्तनशील; चंचल, अस्थिर; ~ matter वाष्पशील द्रव्य।

volatileness, volatility nn. चापल्य, लौल्य, वायुपरिणामशीलता; सजीवता, प्रमोद, जिन्दादिली; परिवर्तनशीलता।

volatilizable a. वाष्पीभूत होने योग्य, भाप बन जाने योग्य, उड़नेवाला।

volatilization n. उत्पातन, वाष्पीकरण, वाष्पीभवन।

volatilize v.t. & i. वाष्पीभूत होना या बनाना, वाष्पीकृत करना या होना, उत्पातन करना या होना, उड्डायी करना, उड़ा देना, उड़नेवाला होना, भाप बन जाना या बना देना।

volcanic a. आग्नेयगिरि-विषयक, ज्वालामुखीयुक्त, ज्वालामुखी-सम्बन्धी, ज्वालामुखी-, ज्वालामुखीय, ज्वालामुखीकाः उद्भूत, ज्वालामुखी-जनित (~ *ash, pipe*); ~ bomb ज्वालामुखी पिण्ड; ~ rock उद्भूत शिला।

volcanicity n. आग्नेयगिरि-बहुलता, ज्वालामुखीयता, ज्वालामुखीपन।

volcanism n. आग्नेयगिरिता, अग्निपर्वतता, ज्वालामुखीयता, ज्वालामुखीपन।

volcanist n. आग्नेयगिरि-विद्, ज्वालामुखी-विद्या विशारद।

volcanized a. अग्नीयित, अग्न्युत्पातित, ज्वालामुखी-प्रभावित।

volcano n. अग्निपर्वत, आग्नेय गिरि, ज्वालामुखी पर्वत (*active, dormant,* ~)।

volcanological a. ज्वालामुखी-विद्या-सम्बन्धी।

volcanologist n. ज्वालामुखी-विज्ञ।

volcanology n. ज्वालामुखी-विज्ञान, ज्वालामुखी-विद्या, अग्निपर्वत-शास्त्र।

vole[1] n. शाद्वल-मूषक, वोल (मूसकी तरहका एक जानवर); water-~ बड़े आकारका वोल।

vole[2] n. (ताशके कुछ खेलोंमे) सारे हाथ पा लेना, पूर्ण विजय।

vole[3] v. i. सारे हाथ पाना, सब चालोंको मात कर देना।

volent a. संज्ञानी, प्रयासी, प्रयत्नशील; चेष्टाशक्तिमान्, इच्छाशक्तिमान्।

volery a. पक्षि-वृन्द, डार; पिंजरा।

volitant a. उत्पतनशील, उड़नेवाला।

volitation n. उत्पतन, उड़ना, उड़ान।

volition n. संज्ञान; प्रयास, प्रयासन; संकल्प, चेष्टाशक्ति, इच्छाशक्ति, कामनाशक्ति, रुचिबल; इच्छा, स्वेच्छा, मरजी, पसन्द, चाह; मनन, चेष्टा, प्रवृत्ति, इच्छाप्रकाश, विचाराभिव्यक्ति।

volitional a. ऐच्छिक, चैष्टिक, सांकल्पिक, प्रावृत्तिक।

volitionary a. सांकल्पिक, संकल्पपर चलनेवाला।

volitionless a. संकल्पशून्य, इच्छाशक्तिरहित, चेष्टाविहीन, प्रवृत्तिरहित।

volitive a. संकल्प-विषयक, इच्छात्मक, इच्छाशक्ति-सम्बन्धी, चेष्टा-विषयक, प्रवृत्ति-सम्बन्धी।

volley[1] n. (pl. -*s*) वर्षा, अस्त्र-वर्षण, अस्त्रोंकी बौछार; (ला०; शपथ आदिका) निःसारण, बौछार, बाढ़, भरमार; half-~ गेंदका एक टप्पा; ~-gun बमवर्षी तोप।

volley[2] v.t. & i. (टेनिस इत्यादिमें) गेंदका जमीनपर गिरनेसे पूर्व ही लौट आना; (क्रिके०) बिना टप्पा खिलाये गेंद फेंकना; (अस्त्र, गाली आदिकी) वर्षा करना, बाढ़ मारना, बौछार करना; (बन्दूक आदिका) एक साथ आवाज आना।

volplane[1] n. (हवाई जहाजका बिना इंजिनका प्रयोग किये हुए) अवरोह, उतार।

volplane[2] v. i. बिना इंजन प्रयोग किये हुए नीचे उतारना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

volt[1] n. द्युशक्म, द्युमात्रा, ऊर्ज, वोल्ट (विद्युत्प्रवाहक शक्तिकी इकाई)।

volt[2] n. दे० VOLTE.

volt[3] v. i. (धक्के आदिसे बचनेके लिए) द्रुतगतिवान् होना, उछाल मारना।

voltage n. द्युशक्मता, ऊर्जता, वोल्टेज (इकाइयोंमें नापी हुई विद्युत्प्रवाहक शक्ति), वोल्टता।

voltaic a. (विशे० इति०) द्युमात्रिक (रासायनिक क्रियासे उत्पादित विद्युत्-विषयक), वोल्टीय (~ *cell*)।

voltameter n. द्युमात्रामापी, वोल्टामीटर (विद्युत्प्रवाहोंको उनके विद्युत्सम्बन्धी प्रभावोंसे मापनेवाला यन्त्र)।

volte n. बचावका पैंतरा, घुमाव।

voltmeter n. द्युशक्ममापक यन्त्र, वोल्टमापक।

volubilate, volubile aa. आवर्ती, लिपटनेवाला।

volubility, volubleness nn. वाक्पटुता, वाक्चापल्य, धाराप्रवाहिकता, द्रुतभाषिता, शीघ्रभाषिता; आवर्तनीयता, पेच; अबाधितत्व, अनवरुद्धता, अप्रतिहतता।

voluble a. आवर्तनीय, आवर्ती, पेचीदा (~ *stalk*); अबाधित, अनवरुद्ध, अप्रतिहत, धाराप्रवाही; वाक्पटु, वाचाल, द्रुतभाषी, शीघ्रभाषी, बकवादी; (प्रा०) परिभ्रामी, घूमनेवाला, चक्कर काटनेवाला; चपल, चंचल।

volume n. ग्रन्थ, पुस्तक, किताब (*library of 12,000 ~s*); भाग, खण्ड, ग्रन्थ-खण्ड, जिल्द (*is now issued in 3 ~s*); बन्ध, बन्धन; (इति०) पुस्तकोंका प्राचीन रूप; (प्रायः बहुव०) धूम्रपुंज, धूमराशि, धूम्रमाला; आयतन, आयाम, घनफल, घनमान; अन्तर्भूत घनत्व, समाई; मात्रा, राशि, परिमाण, संहति, परिमा, वैपुल्य, प्रसार, विस्तार, आकार; (संगीत) पूर्ण स्वर, ध्वनिकी पूर्णता; अधिकृत स्थान;

~ elasticity, ~ expansion, ~ growth, ~ increment, ~ per acre, ~ rotation, ~ ~ strain, ~ table, ~ weight.

volumed a. भागोंमें, खण्डोंमें, जिल्दोंवाला; पुस्तकके प्राचीन आकारमें; धूममय, धूम्रराशिमय; घनमान्य; विस्तारमय।

volumenometer n. परिमामान, सान्द्रपरिमानयुक्त, आयतनमापी, घनफलमापक।

volumenometry n. आयतनमिति, घनफलमाप।

volumeter n. परिमामान, आयतनमापी, गैसके आयतनका मापक यन्त्र।

volumetric, -al aa. आयतनात्मक, परिमामितीय, गैस आदिकी समाईका (~ *analysis*)।

voluminal a. विस्तार-विषयक, परिमा-सम्बन्धी।

voluminosity, voluminousness nn. वलयाकारता, वर्तुलाकारत्व, कुण्डलिता, चक्करदारी; खण्डत्व, विभाजन; अनेक पुस्तकोंका लेखन; लम्बाई-चौड़ाई; ढिलाई; विस्तार, विस्तृति; महाकायत्व।

voluminous a. वलयाकार, वर्तुलाकार, कुण्डलीदार, पेचदार, चक्करदार; कई खण्डोंका, अनेक भागोंका (जैसे, *a ~ work*); अनेक पुस्तकोंका लेखक; महापरिम, विस्तारमय, महाकाय, आयतनिक, भारी; विस्तीर्ण, लम्बा-चौड़ा, बड़ा।

voluminousness n. = VOLUMINOSITY.

voluntarily adv. स्वेच्छया, स्वेच्छापूर्वक, स्वेच्छासे, मनसे; अपने आप।

voluntariness n. स्वैच्छिकता, स्वेच्छाधीनता, इच्छाकृतित्व, इच्छाचारिता, स्वप्रवृत्ति, स्वकृतता।

voluntary[1] n. (गिरजेमें प्रार्थनाके अवसरपर बजाया जानेवाला) आरगन बाजा; गिरजेको राज्यनिरपेक्ष करके चन्देसे चलाये जानेमें विश्वास करनेवाला व्यक्ति; ऐच्छिक अनुदानपर विश्वास या भरोसा; (सेना आदिमें) स्वैच्छिक भर्तीपर विश्वास; (प्रतियोगितामें) अभिनेताकी इच्छापर निर्भर विशेष अभिनय।

voluntary[2] a. स्वकृत, स्वतःप्रवृत्त, स्वेच्छाकृत, ऐच्छिक, इच्छानुगामी, इच्छाचारी, अपनी खुशीसे काम करनेवाला; स्वेच्छादत्त, स्वेच्छाप्रेरित, इच्छाजनित; इच्छायत्त, इच्छा-नियन्त्रित, बिला-शर्त (~ *conveyance*); ~ confession स्वैच्छिक स्वीकारोक्ति; ~ partition स्वेच्छाकृत विभाजन, राजी-खुशीसे आपसी बँटवारा;

~ activity, ~ agent, ~ appearance, ~ attendance, ~ control, ~ duty, ~ effort, ~ escapes, ~ gift, ~ liquidation, ~ monopoly, ~ muscle, ~ payment, ~ preference, ~ sale, ~ service, ~ settlement.

voluntaryism n. स्वेच्छावाद, निरपेक्षावाद, (राजसाहाय्य बिना चर्च चलानेका सिद्धान्त)।

voluntaryist n. स्वेच्छावादी, निरपेक्षावादी।

volunteer[1] n. स्वतःप्रवृत्त व्यक्ति, स्वयंसेवक; स्वैच्छिक सेना, यादृच्छिक सैनिक, स्वेच्छासे सेना इत्यादिमें भर्ती होनेवाला; ~ corps स्वैच्छिक सेना, वलण्टेर।

volunteer[2] v.t. & i. स्वतःप्रवृत्त होना, स्वेच्छासे करना या भाग लेना; स्वेच्छया भार स्वीकार करना; समर्पित करना, स्वेच्छासे अर्पण करना; स्वेच्छया अपनी सेवा समर्पित करना, बिन माँगे देना, आगे रखना।

voluptuary[1] n. विषयी प्राणी, विलासी व्यक्ति, भोगी, कामी पुरुष, इन्द्रियपरायण व्यक्ति।

voluptuary[2] a. विषयी, विलासी, भोगी, भोगनिरत, व्यसनी, कामी, व्यभिचारी, इन्द्रियपरायण, ऐयाश।

voluptuous a. विषयी, विषयपरतन्त्र, विलासी, कामी, भोगनिरत, विषयासक्त, कामाचारी, व्यभिचारी, ऐयाश (~ *life*); ऐन्द्रिय, भोग-विषयक, विलास-सम्बन्धी, ऐयाशीका (~ *music*)।

voluptuousness n. काम, कामाचारिता, विलासिता, भोग, विषयिता, विषय-परतन्त्रता, इन्द्रियपरायणता, ऐयाशी।

volute[1] n. (स्तम्भस्थित) कुण्डलित भूषा या अलंकार-विशेष, मरगोल; (विशे०, क्षेत्रीय) चक्करदार शंख, शम्बूक या घोंघेका एक भेद।

volute[2] a. (वन०) आवर्तित, कुण्डलित, कुण्डलीकृत, सर्पिल, चक्करदार।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

voluted a. (स्तम्भ आदिके लिए) सर्पिल, कुण्डलित या लहरियादार (अलंकरण)।

volution n. कुण्डली, चक्कर, मोड़, घुमाव, लपेट; (श० र० शा०) ऊर्म्मि, तरंग, लहर; भ्रमि, मरोड़।

volutoid a. & n. शम्बूक-सदृश (प्राणी), घोंघेकी तरह (जीव), सर्पिल (जीव); ऐंठनदार, घुमावदार।

vomer n. नासास्थि, नथुनोंके बीचकी हड्डी।

vomit[1] n. वान्ति, वमन, कै, उल्टी।

vomit[2] v. i. & t. वान्ति होना या करना, वमन होना या करना, उल्टी होना या करना, ओकना, कै होना या करना; (ज्वालामुखी, चिमनी आदिका) वेगसे उद्गिरण करना, तेजीसे उगलना, निकालना।

vomited a. वान्त, कै किया हुआ (~ *matter*)।

vomiting n. वान्ति, वमन, उल्टी, कै।

vomition n. वान्ति, वमन, उकलाई।

vomitive[1] n. (रोमन पुरातत्त्व) अखाड़ेका रास्ता।

vomitive[2] a. वान्तिकर, वमनी, कै लानेवाला।

vomito n. पीतज्वर, कालज्वर, कालिया बुखार।

vomitory[1] n. वान्तिकारक पदार्थ, वमनकारक वस्तु, कै होने या करानेवाली औषधि; (रोमन पुरातत्व) चौकोर नाट्यशालाका द्वार।

vomitory[2] a. वमिकारक, वान्तिकारक, वमनकारी, कै लानेवाला।

vomiturition n. वमनेच्छा, वमनोद्रेक, ओकी, उबकाई, उकलाई; आवर्ती वमन, दुबारा कै।

voodoo[1] n. भूतविद्याका व्यवहार, जादूका प्रयोग; भूत-प्रेत; तान्त्रिक, जादूगर, ओझा (~ *doctor, priest* भी)।

voodoo[2] v.t. जादूसे मोहना, जादूसे कष्ट देना, जादूसे फँसा लेना, जादू मारना।

voodooism n. तन्त्रमन्त्र, तन्त्रवाद, जादूविद्या, जादू-टोना।

voodooist n. जादूवादी, जादूविद्याविद्, जादू जाननेवाला, जादूगर, ओझा।

voracious a. घसर, बहुभोजी, महाशन, औदरिक, भुखमुआ, मरभुख, भुक्खड़, पेटू, खाऊ, घाऊघप (~ *appetite for scandal*)।

voraciousness, voracity nn. घसरता, भुक्खड़पन, भुखमुआपन, खाऊपन, पेटूपन।

voraginous n. आवर्तमय, भँवरदार; गह्वरमय, गर्तयुक्त, खड्डदार, गड्ढेदार।

vorant a. आशी, भक्षी, खानेवाला।

vortex n. (pl. *-ices, -exes*) भ्रमि, भ्रमर, जलावर्त, चक्र, आवर्त, भवँर, चक्कर; किसी प्रकारकी आवर्तमय गति; घूर्णिवात, चक्रवात, बगूला, बवण्डर; (विशे० ला०) रीति, प्रणाली, पेशा आदि।

vortical a. भ्रमिमय, आवर्तमय, घूर्णमान, चक्करदार, घूमता, फिरता।

vorticism n. डेकार्टवाद (यह विश्वास कि विश्व स्वयं एक द्रव्यमय स्थल है जिसमें गति स्वयं वृत्तरूपमें व्याप्त रहती है)।

vorticist a. (अध्या० दर्श०) डेकार्टवादी (इस सिद्धान्तमें विश्वास करनेवाला व्यक्ति कि विश्व द्रव्यस्थल है जिसमें गति स्वयं वृत्तरूपमें व्याप्त रहती है); (कला; चित्रनिर्माणमें वृत्तों इत्यादिका प्रयोग करनेवाला) आधुनिक पद्धतिका चित्रकार।

vorticity n. चक्रता, आवर्तिता।

vorticose a. भ्रमिमय, आवर्तमय, चक्करदार।

vorticular a. आवर्ताकार, चक्राकार, चक्करनुमा।

vortiginous a. = VORTICAL.

votable a. मतदेय, मतापेक्ष, मतप्रदेय, मतदानयोग्य (~ *items*)।

votaress n. उपासिका, पुजारिन, भक्तिन; महिला भक्त, भक्त नारी; पक्षपोषी स्त्री, समर्थक महिला, अनुगामिनी।

votarist, votary nn. भक्त, उपासक, पूजक, पुजारी, दास, सेवक; पक्षपोषी, पृष्ठपोषी, अनुगामी, समर्थक, कट्टर अनुयायी।

vote[1] n. मत, सम्मति, जनाभिप्राय, राय, वोट; मतप्रकाश, व्यक्त मत; बहुमतसे स्वीकृत वित्त या धन; मताधिकार (जैसे, *women now have the* ~); शलाका, मतपत्र, वोट, पर्ची; casting ~ निर्णायक मत; ~ of censure निन्दाप्रस्ताव।

vote[2] v. i. & t. (*for* अथवा *agatnst* के साथ) मत देना, सम्मति देना, राय देना, वोट देना; विधान बनाना, अधिनियम बनाना; दृढ़ संकल्प करना, निश्चय करना, निर्धारण करना; (बहुमतसे) वित्त स्वीकृत करना; (बोल०, जन-सम्मतिसे) अधिघोषित करना, घोषणा करना, शापित करना; (बोल०, *that* के साथ) प्रस्ताव करना; ~ *down* प्रस्ताव गिरा देना, अस्वीकृत कर देना, बहुमत द्वारा हराना; ~ *in* निर्वाचित करना, वोट देकर चुनना।

voted a. दत्तमत, स्वीकृत, अभिमत (जैसे, ~ *demand, expenditure*)।

voteless a. मतशून्य, मतरहित, बिना वोटका।

voter n. मतदाता, राय या वोट देनेवाला।

voting n. मतदान, मत-प्रकाशन, सम्मतिदान, राय देना, वोट देना; ~ by ballot शलाका-मतदान; ~-paper मतपत्र।

votive a. मनसा कृत, व्रतपालनार्थ दत्त, प्रतिज्ञा-पूर्तिके लिए प्रदत्त (~ *medal*); भक्तिपूर्ण (~ *offerings*)।

vouch v.t. & i. (*for* के साथ) प्रमाणित करना या होना, साक्षी देना या होना, दृढ़ करना या होना, अनुमोदन करना, गवाही देना; उत्तर देना, जवाब देना; दायी होना, अधिभू होना, प्रतिभू होना, जमानत देना, जामिन पड़ना।

vouched a. प्रमाणित, दृढ़ीकृत, प्रतिभूत।

voucher n. साधिका, प्रमाणक, प्रमाणपत्र, आधारपत्र, अभिश्रव-पत्र, वीचक, खर्चका पुरजा, वाउचर;
~ audit, ~ copy, ~ file, ~ form, ~ number.

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

vouchsafe v.t. साक्ष्य देना, प्रतिभू होना; कृपा करना, अनुग्रह करना, दया करना; कृपापूर्वक प्रदान करना (*~d me no answer*); कृपया स्वीकार करना, मंजूर करना, मानना।

vouchsafement n. साक्ष्य; अनुग्रहण, कृपाप्रदान, स्वीकरण, मंजूरी।

voussoir n. (स्था०) चापशिला, महराबका गढ़ा हुआ पत्थर।

vow[1] n. व्रत, प्रण, शपथ, प्रतिज्ञा, संकल्प, वादा, इकरार; व्रतपूर्ण आचरण, संकल्पित कार्य; *am under ~* (मैं) प्रतिज्ञाबद्ध हूँ; *~s made in storm are forgotten in calm* दुखमें सुमिरन सब करै, सुखमें करै न कोय।

vow[2] v.t. व्रत लेना, व्रत करना, प्रतिज्ञा करना, संकल्प करना (*~ vengeance against the oppressor*); (प्रा०) व्रतकी घोषणा करना, प्रतिज्ञा प्रमाणित करना; गम्भीरतापूर्वक अधिघोषित करना; (प्रा०) प्रमाणित करना, ज्ञापित करना (*I ~ you are most obliging*)।

vowel n. (व्या०) अच्, स्वर, स्वरवर्ण (जैसे, *a, e, i, o, u*); neutral *~* उदासीन स्वर (जैसे, *reason* में *o*); *~* point स्वरकी मात्रा;
~-gradation, *~* order, *~* sound, *~* theory.

vowelize v.t. (हिब्रू आदि भाषाओं एवं शीघ्रलिपिमें) स्वरचिह्न लगाना।

vowelled a. स्वरित, स्वर-सहित।

vowelless a. स्वरहीन, स्वररहित, बिना स्वरका।

vowelly a. स्वर-सदृश, स्वरका-सा।

vower n. व्रती, व्रतधारी।

voyage[1] n. जलयात्रा, समुद्रयात्रा।

voyage[2] v.t.& i. समुद्रयात्रा करना, समुद्रपार जाना।

voyageable a. जलयात्रा योग्य, सामुद्रिक यात्रा योग्य।

voyager n. जलयात्री, सांयात्रिक, समुद्री यात्रा करनेवाला, जहाजी मुसाफिर।

voyageur n. (कनाडाका) नाविक, मल्लाह; (सीमान्तपर यातायात-सम्बन्धी कार्योंके लिए नियुक्त) यात्राधिकारी।

Vulcan n. (रोमन पुराण) अग्निदेवता; *~* powder स्फोटक, बारूद।

vulcanic a. = VOLCANIC.

vulcanism n. = VOLCANISM.

vulcanite n. गन्धघृषि, एबोनाइट (गन्धक-मिश्रित कड़ा रबर, *~ grating*)।

vulcanizable a. (रबर) गन्धदृंहणीय, गन्धक मिलाकर कड़ी की जा सकनेवाली, वल्कनीय।

vulcanization n. गन्धदृंहण, वल्कनीकरण (रबरमें गन्धक मिलानेकी प्रक्रिया)।

vulcanize v.t. गन्धदृंहण करना, वल्कन करना, रबरमें गन्धक मिलाकर दृढ़ करना।

vulcanized a. गन्धदृंहित, वल्कनित, गन्धक डालकर कड़ी की हुई (जैसे, *~ rubber*)।

vulcanizer n. गन्धदृंहक, रबरमें गन्धक मिलानेवाला।

vulcanizing n. गन्धदृंहण, गन्धक डालकर कड़ा बनानेकी क्रिया (*~ solution*)।

vulgar a. प्राकृत, सामान्य, साधारण, आम; सामान्य-लोक-विषयक, साधारण-जन-सम्बन्धी (*~ superstitions*); लौकिक; अमार्जित, असंस्कृत, अश्लील, अशिष्ट, ग्राम्य, गँवारू, भद्दा, देहाती, ओछा, कमीना, घटिया; सामान्य प्रयोगका, साधारण रूपसे प्रचलित (जैसे, *~ expressions, mind, tastes*); *~* fraction साधारण भिन्न; the *~* सामान्य जनता, जन-साधारण, आम लोग; the *~* era ईसवी सन्; the *~* tongue (शास्त्रीय लैटिनके प्रतिकूल) देशभाषा, सर्वसाधारणकी भाषा, जनभाषा।

vulgarian n. (विशे० धनी) अशिष्ट व्यक्ति, ओछा आदमी।

vulgarism n. ग्राम्यता, ग्रामीण रीति, ग्राम्य व्यवहार, गँवारू रिवाज; ग्राम्य प्रयोग, गँवारू शब्द-प्रयोग।

vulgarity n. अशिष्टता, अश्लीलता, ग्राम्यता, ग्रामीणता, गँवारूपन, देहातीपन; नीचता, अशिष्टता, ओछापन, कमीनापन।

vulgarization n. अशिष्टकरण, असभ्यकरण, ग्राम्यकरण, गँवारू बनानेकी प्रक्रिया।

vulgarize v.t. (व्यक्ति या आचरणको) अशिष्ट बनाना, असभ्य करना, ग्राम्य बनाना, ग्रामीण बनाना, गँवारू बनाना; (ज्ञान या भावना आदिको) अति साधारण बनाकर नष्ट करना।

Vulgate n. बाइबिलका लातीनी संस्करण; जन-संस्करण।

vulnerability, vulnerableness n. छेद्यता, भेद्यता, वेध्यता; जेयता, प्रहार्यता, आक्रमणीयता; दुर्बलता।

vulnerable a. (शा० एवं ला०) छेद्य, भेद्य, वेध्य (*~ points*); धृष्य, समीक्ष्य, आलोच्य; (ब्रिजके खेलमें) एक हाथ जीता हुआ; प्रहार्य, आक्रमणीय।

vulnerary[1] n. व्रणरोप, घाव भरनेवाली ओषधि।

vulnerary[2] a. व्रणरोपी, क्षतनिवारक, क्षतोपशमकारक, क्षत-आरोग्यकर, घाव भरनेवाली।

vulpicide n. लोमड़ीकी हत्या; लोमड़ीका हत्यारा।

vulpine[1] n. शठ, धूर्त, चतुर, चालाक, मक्कार(आदमी)।

vulpine[2] a. शृगाल-सदृश, शृगालवत्; लोमशी-विषयक, लोमड़ीका; लोमड़ीके स्वभावका; धूर्त्त, मक्कार, चालाक, एय्यार।

vulpinism n. नैपुण्य, निपुणता, धूर्त्तता, चातुर्य, चतुरता, होशियारी, काइयाँपन, मक्कारी।

vulture n. खगराज, गृध्र, गृद्ध, गिद्ध, गीध; (ला०) लोभी व्यक्ति, लालची आदमी।

vulturine a. गृध्र-सदृश, गृद्धवत्; गिद्ध-सम्बन्धी, गीधका।

vulturish, vulturous aa. गृध्रवत्, गिद्धका-सा; गिद्धके समान; लोभी, लालची।

vulva n. (शा० र० शा०) बहिर्भग, बहिर्योनि, योनि-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

कपाट, योनिच्छद, योनिमुख, भगद्वार; प्रजननांग, भग, चूत, चेंचा, टिंटा, बुर ।
vulvar a. भगीय, बहिर्योनिक, बहिर्भग-सम्बन्धी ।
vulvate a. बहिर्योनियुक्त, प्रजननांगयुक्त, भगमय ।
vulviform a. बहिर्भगाकार, भगाकार ।
vulvitis n. योनिप्रदाह, भगप्रदाह ।
vying[1] n. प्रतिस्पर्धा (करना), ईर्ष्या (करना) ।
vying[2] a. प्रतिस्पर्धाशील, प्रतियोगी ।

W

W (pl. *Ws, Ws'*) अंग्रेजी वर्णमालाका तेईसवाँ अक्षर, व ।
Waac n. महिला-सैन्य, वैक; *Women's Army Auxiliary Corps* (की सदस्या) ।
Waaf n. (बोल०) स्त्रियोंकी सहायक वायु-सेनाकी सदस्या, वैफ ।
wabble v. i. दे० WOBBLE[2].
wabbly a. स्पन्दनशील, कम्पायमान, दोलायमान, डगमगानेवाला, लड़खड़ानेवाला; थर्रानेवाला, झोंके खानेवाला ।
wacke n. ज्वालामुखी गेरू, गेरुई पत्थर ।
wad[1] n. कूण्जि, बारूद, वाड: चूर्णरोधनी, छिद्र बन्द करनेका पिण्ड, टिकिया, डट्टा, डाट, गद्दी; (ग्रा०) सिक्के आदि, नोटोंकी गड्डी ⊙; राशि, समूह, मुट्ठा, ढेर ⊙; ~ gourd श्वेत कूष्माण्ड, (मिठाईका) पेठा ।
wad[2] v.t. (पोशाक इत्यादिमें) रूई भरना, ऊन इत्यादिकी तह देना; (रूई इत्यादिकी तहसे) सुरक्षित करना, गद्दी लगाना; (बन्दूककी नलीमें) चूर्णरोधनी लगाना, टप्पा लगाना, डाट कसना, डाट भरना, डाट बनाना, डाट देना ।
wadable a. विहरणीय, पैदल पार किये जा सकने योग्य ।
wadded a. चूर्णरोधित, टप्पेवाला, डाटदार, डाट लगा हुआ; (ला०) भरा हुआ (*well ~ with conceit*) ।
wadding n. तल्पी, डाट, डाट देने या भरनेके लिए मुलायम चीज; गद्दा, तोशक, लिहाफ; ~ gait कारण्ड गति ।
waddle[1] n. मटक, डगमगाहट; बतखकी चाल ।
waddle[2] v. i. मटकते हुए चलना, मटककर चलना, झूमकर चलना, इठलाकर चलना, डगमगाकर चलना, हंसके सदृश चलना, बतखकी चाल चलना ।
waddler n. स्खलितगन्ता, मटककर चलनेवाला, डगमगाकर चलनेवाला, इठलाती चालवाला ।
waddy n. (आस्ट्रे०) युद्धगदा ।
wade[1] n. जल-विहार, जल-क्रीड़ा, जल-विनोद, पानीका खेल ।
wade[2] १. v. i. (जल, कीचड़, रेत इत्यादिमें) कष्टसे अग्रसर होना, कष्टसे चलना, कठिनाईसे लाँघना; २. v.t. (नदीको) तय करना, पैदल चलकर पार उतरना; ~ *in* आक्रमण करना, धावा करना; ~ *into* धावा करना; घाट पार करना, चलकर जाना; ~ *through book* (अरुचिकर होनेपर भी) पुस्तकको पढ़ लाँघना: ~ *through slaughter* or *blood* रक्तपात करते हुए बढ़ना ।
wader n. (क्रियागत अर्थोंमें) जलचारी, जलमें चलनेवाला; लम्बी टाँगोंवाले अनेकजातीय जल-पक्षी; (pl.) पानीमें चलनेका जूता ।
wadi, -y n. सरिदुपत्यका, नदीकी घाटी, वादी, दून ।
wading n. जलविहरण, जलमें चलना (~ *bird*) ।
wadset[1] n. बन्धक, रेहन, गहन ।
wadset[2] v.t. बन्धक रखना, रेहन रखना, गहन रखना ।
wadsetter n. बन्धक-गृहीता, रेहन रखनेवाला, गहन रखनेवाला ।
Wafd n. वफद, मिस्रका राष्ट्रवादी दल ।
Wafdist n. वफद पार्टीका सदस्य, वफदी ।
wafer[1] n. पर्पटक, मालपुआ, छाक, तुनकी, पापड़, पतला बिस्कुट, पपड़ी (*thin as a ~*); (ईसा मसीहके अन्तिम भोजके स्मारकमें रात्रिके भोजके समय प्रयुक्त) बिना खमीरा उठी हुई पतली टिकिया; सूखी लेईकी टिकिया; (मुहरके रूपमें प्रयुक्त) लाल कागजका गोल टुकड़ा; टिकुली, बिन्दुली ।
wafer[2] v.t. (लेईकी) टिकियासे जोड़ना, टिकियासे बन्द करना; मोहर लगाना ।
wafery a. टिकियाके समान ।
waffle n. एक प्रकारकी टिकिया; (साँचेदार तवेपर पकाया गया) छोटा रोगनी पराठा, छोटी रोटी ।
waft[1] n. पक्षीके परकी हिलोर; हिलकोर, झकोला, सुगन्धित झोंका; (शान्ति इत्यादिका) क्षणिक बोध; (नौवि०, *weft* भी) संवटकी सूचना ।
waft[2] v.t. तरंगवाहित करना लहरोंमें बहा ले जाना, हवामें बहा या उड़ा ले जाना; v. i. तरंगित होना, लहरोंमें बहना, तिरना, तैरना; लहराना, भासमान होना; उड़ जाना ।
waftage n. (वायु या जलकी तरंगोंमें) प्रेषण, वहन, तरंगण, तिरना, लहराव, बहाव ।
wafture n. तरंगण, तरंगगति, झकोरा, हिलोरा, लहराव, बहाव ।
wag[1] n. विदूषक, भाँड़, विनोदी, परिहासी, ठिठोलिया, मसखरा, मजाकिया, दिल्लगीबाज; (ग्रा०; बालक विद्यार्थी) कामचोर, स्कूल न जानेवाला; *play ~* अथवा *the ~* स्कूलसे भाग जाना ।
wag[2] n. (दुम इत्यादिकी) हिलनेकी गति, हिलानेकी गति; कम्प; ~tail हिलती पूँछवाले पक्षी, खंजन ।
wag[3] v. i. & t. संचालित होना या करना, आन्दोलित होना या करना, लहराना, डुलाना, चलाना, चलना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

काँपना, हिलना, हिलाना (*dog ~s his tail, tail was ~ging*); सहमकर चलना; *hands, chins, jaws, tongues, are ~ging* बात चल रही है; ~ one's *finger at* (उँगलीके संकेतसे) चेतावनी देना, धमकाना; ~ one's *head* शिरश्चालन करना, सिर हिलाना।

wage[1] n. (प्रायः बहुव०) भृति, वेतन, पारिश्रमिक, मजदूरी, मजूरी; (प्रायः pl.) पुरस्कार (जैसे, *the ~s of sin is death*); पण; ~-earner मजदूर; living ~ निर्वाह-भृति, खानेभरकी मजदूरी; *a fair day's work for a fair day's ~*) खरा काम, खरी मजदूरी;

~-earning member, ~-fixing machinery, ~ level, ~ rate, ~s analysis book, ~s book, ~s fund, ~s-fund theory, ~s sheet, ~s table, ~ statistics, ~ system, ~ work.

wage[2] v.t. पण करना, बाजी लगाना, दाँव लगाना, होड़ बदना, शर्त लगाना; (युद्ध इत्यादिका) सूत्रपात करना, आरम्भ करना, प्रारम्भ करना, ठानना, शुरू करना; करना।

wageless a. भृतिहीन, वेतनविहीन, पारिश्रमिकरहित, बे मजदूरीका।

wager[1] n. = BET; ठाननेवाला, छेड़नेवाला (युद्ध आदि)।

wager[2] v.t. ग्रलह लगाना, पण करना, बाजी लगाना, दाँव लगाना, बदना, शर्त बाँधना।

wagerer n. पणक, दाँव या शर्त्त लगानेवाला।

wagering n. ग्रलह लगाना, पण लगाना, बाजी लगाना, दाँव लगाना, शर्त रखना; ~ contract पण-संविदा।

wagger n. संचालयिता, आदोलयिता, हिलने या हिलानेवाला, डोलने या डुलानेवाला।

waggery n. विदूषकता, हास-परिहास, ठट्ठा, मजाक, खिल्ली, हँसी, भँड़प्पन।

waggish a. परिहासशील, ठिठोलिया, मसखरा, हँसोड़, खिल्लीबाज, दिल्लगीबाज; मसखरेपनका, हँसीका।

waggishness n. दिल्लगी, मसखरापन, ठट्ठेबाजी।

waggle[1] n. = WAG[2].

waggle[2] v. i. & t. (गोल्फमें गेंदका) संचालित होना या करना, आदोलित होना या करना, हिलना, हिलाना, झूलना, झुलाना, काँपना, कँपाना।

waggly a. कम्पनशील, डगमगाता हुआ, हिलता हुआ।

waggon, wagon ⊙ nn. शकट, प्रवहण, भाण्ड-वाहन, भाण्डयान, वाहन, माल-डिब्बा, मालगाड़ीका डिब्बा, छकड़ा, वैगन; *hitch* one's ~ *to a star* अति करना, मर्यादाका उल्लघन करना (विशे० अधिकारके प्रयोगमें)।

~-boiler, ~ despatch advice, ~ exchange book, ~-load, ~ quota, ~-roof, ~-vault.

wag(g)oner n. शाकटिक, शकट-वाहक, यान-वाहक, वाहक, चालक, गाड़ीवान; the W~ सप्तर्षि।

wag(g)onette n. (एक प्रकारकी छोटी) बग्घी, वैगनट।

wagonage n. गाड़ी-भाड़ा।

Wahabi,-ee n. वहाबी, कुरआनपन्थी मुसलमान (सम्प्रदाय)।

waif n. अस्वामिक द्रव्य, स्वामिविहीन पशु, लावारिस चीज, चोरों द्वारा डाला गया माल; गृहहीन व्यक्ति, बेघर-बार आदमी, असहाय आदमी; परित्यक्त बालक या बालिका, लावारिस बच्चा; *~s & strays* अगड़म-बगड़म, अनाप-शनाप, अण्ट-सण्ट; परित्यक्त बालक-बालिकाएँ, लावारिस लड़के-लड़कियाँ।

wail[1] n. क्रन्दन, विलाप, रोदन, रुदन; शोक; (आँधी इत्यादिकी) सनसनाहट, सरसराहट।

wail[2] v. i. & t. क्रन्दन करना, विलाप करना, रोदन करना, रुदन करना, शोक प्रकट करना; (ला०; प्रायः *over* के साथ) चीखना, चिल्लाना, रोना-पीटना, मातम करना।

wailer n. शोक मनानेवाला; आक्रन्दक व्यक्ति, विलापी पुरुष, रोदनशील व्यक्ति, रोनेवाला आदमी।

wailful a. (का०) शोकपूर्ण, दुःखमय, मातमी; क्रन्दन-युक्त, विलापयुक्त, रुदनपूर्ण।

wailing n. क्रन्दन, विलाप, रोदन, रुदन; शोक, दुःख, मातम।

wain n. शकट, वाहन, ठेला, छकड़ा, मालगाड़ीका डिब्बा; बैलगाड़ी; (विशे० काव्य या कृषि-विषयक) सप्तर्षि; ~-rope गाड़ीपरका सामान बाँधनेकी रस्सी।

wainage n. कृष्ट भूमि (जिसकी जुताई हो रही हो), परती; (खेतीके दो या दोसे अधिक) जुताईके जानवर, जोड़ी, जुताईका औजार।

wainscot[1] n. काष्ठास्तरण, भित्तिपटल, (दीवारपरकी) तख्तावन्दी (~ *wood*)।

wainscot[2] v.t. काष्ठास्तरण करना, तख्तावन्दी करना, पटरे जड़ना, लकड़ी मढ़ना।

wainscot(t)ing n. काष्ठास्तरण, भित्तिपटलन, तख्ता-बन्दी।

wainwright n. शकटकार, छकड़ा बनानेवाला बढ़ई।

waist n. कटिदेश, कटि, मध्य, कमर; (शरीरका) संकोचन, धँसाव; लम्बी वस्तुका मध्य, पतला या तंग हिस्सा; जहाजका मध्य भाग; मेखला, कमरबन्ध, कमरका फीता या पेटी; चोलिया, अँगिया, बाडिस ⊙; large, small, ~ चौड़ी पतली कमर; long, short, ~ लम्बी छोटी कमर; ~-band, -belt कटिबन्ध, कटिवस्त्र, कमरबन्द, तागड़ी, पेटी, इजारबन्द; ~-cloth कमर-पट्टी, लंगोटी; लुंगी, धोती; ~coat सदरी, मिरजई, फतुही, कमरी, कुरती, वास्कट; *has no* ~ मांसल है।

waisted a. कटियुक्त, कमरवाला।

waister n. अनभ्यस्त नाविक, नई भर्तीका नौचालक।

wait[1] n. (नगरमें-का) राजकीय सं गीतज्ञ-दल; (बड़े दिनोंमें रात्रिकालीन) घुमक्कड़ गायक-दल; प्रतीक्षा क्रिया; प्रतीक्षा-काल (*has a long ~ for the train*); (अचानक)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

घात, आघात, प्रहार, आक्रमण (*lie in ~*): प्रतीक्षा, निगरानी; गूढ़ स्थान, निगूढ़ स्थल, गुप्त स्थान; अतिकाल, कालक्षेप, विलम्ब, देरी।

wait[2] v. i. & t. (गमन, क्रिया इत्यादिका) विराम करना, रोकना, थम जाना, ठहर जाना; प्रतीक्षा करना, आशापूर्ण होना, अपेक्षा करना, आशा करना, आसरा ताकना, बाट जोहना, राह देखना, इन्तजार करना, ताकमें रहना (*every thing comes to those who ~*); सेवकरूपमें काम करना, वेटर बनना, सेवा करना (*are you accustomed to ~ing ?*); अतिकाल करना, कालक्षेप करना, विलम्ब करना, विलम्बित करना, देरी लगाना (*don't ~ dinner for me*); *~ (up)on* रक्षा करना, सजग रहना, पहरा देना, निगरानी करना; प्रतीक्षा करना, इन्तजार करना; (प्रा०) सेवामें प्रस्तुत करना; भेंट करना; नौकरका कार्य करना, वेटरका कार्य करना; (प्रा०) रक्षार्थ साथ जाना; (प्रतियोगीके) पीछे लगना।

waiter[1] n. प्रतीक्षा करनेवाला, आशा रखनेवाला; सेवा करनेवाला; आदेश (आर्डर) लेने एवं उन्हें पूरा करनेवाला छोकरा; (भोजनालयों एवं होटलोंमें) परिचारक, प्रतिपालक, परिवेषक, प्रतीक्षक, भृत्य, सेवक, दास, बैरा, खिदमतगार।

waiter[2] n. परात, थाली।

waiting[1]* n. प्रतीक्षा* प्रतीक्षण, इन्तजार करना; सेवा करना, वेटर बनना; विलम्बन, देरी लगाना; *~ hall, room* प्रतीक्षालय, मुलाकाती कमरा; *~ list* प्रतीक्षा सूची, प्रतीक्षक सूची।

waiting[2] a. सेवी, वेटर बननेवाला; *~ woman* लौंडी।

waitress n. परिचारिका, प्रतिपालिका, परिवेषिका, प्रतीक्षिका, सेविका, लौंडी, नौकरानी, दासी (विशे० भोजनालयों एवं होटलोंमें)।

waive v.t. (स्वत्व, अधिकार इत्यादिका) अधित्याग कर देना, परित्याग कर देना, त्यागना, छोड़ देना, टालना, हटाना, जाने देना; *~ restrictions* आयन्त्रण हटाना।

waiver n. स्वत्व-त्याग, अभित्याग, परित्याग; त्यागपत्र, अधिकार-त्याग-पत्र, बाजनामा।

wake[1] n. (सचल पोतके पीछेकी) जलरेखा, पनलीक; रेखा, लकीर; पदचिह्न; *in the ~ of* पश्चवर्ती, पीछे-पीछे, पीछेकी ओर, पीछे आनेवाला, इसके परिणामस्वरूप।

wake[2] n. जागरण, प्रबोध, प्रबोधन; (गिरजेमें-का) निशोत्सव, रतजगा; उत्सव, मेला; (विशे० pl. उत्तरी इँग्लैण्डमें) वार्षिक अवकाश; (आयर्लैण्डमें, दफनके पहले) मुर्देकी देख-रेख; (मुर्देकी देखरेखके अवसरपर) विलाप, शोक-प्रदर्शन; (इति०) हर्ष-प्रकाश, प्रसन्नता।

wake[3] v. i. & t. (*woke, ~d; p. p. ~d, woke, woken*) जागरित होना, जागना, नींद खुलना, नींद उचटना, आँख खुलना, उठना (*nature ~s*); जागरित करना, जगाना, नींद खोलना, उठाना (*spring ~s all nature*); सजग रहना, जागरूक रहना, सचेत रहना, आँख रखना, चौकन्ना होना, चौकस रहना; गति देना, प्रणोदित करना, प्रचोदित करना, प्रेरित करना, जोश भरना, उकसाना; अनुप्राणित करना, प्राण फूँकना, सजीव करना, जीवित करना, जान डालना (*the insult ~d his dull spirit*); जीवित होना, जिन्दा करना, जी उठना; (आयर्लैण्डमें) बैठकर रोना-पीटना या खुशी मनाना; (किसी शान्त स्थानको) प्रतिध्वनित करना, आवाजसे गुँजा देना; प्रतिध्वनित होना, गूँज उठना; *~ up* अचानक चौंक उठना, जगाना।

wakeful a. जाग्रत्, जागरूक, सजग, सतर्क, अप्रमत्त, अवहित, दक्ष, सावधान, चौकस, खबरदार, होशियार; रात्रिजागर, विनिद्र, जागता।

wakefulness n. अस्वाप, प्रबोध, जागृत अवस्था; जागरूकता, जागरण, अनिद्रा; सतर्कता, दक्षता, अवधान, सावधानी, चौकसी, होशियारी।

wakeless a. शान्त, स्थिर, अचंचल, सुखी, निर्विघ्न, प्रगाढ, गहरा।

waken v.t. & i. जागरित होना या करना, जागना, जगाना, नींद खोलना; व्यापृत करना, व्यस्त करना; सचेत करना या होना; प्रेरित करना, उत्तेजित करना, उकसाना, उठाना, उभारना।

wakener n. जागरयिता, जगानेवाला, नींद खोलनेवाला; प्रेरयिता, प्रेरक व्यक्ति, उत्तेजक व्यक्ति, उकसानेवाला आदमी, उठानेवाला, उभारनेवाला।

wakening n. जागरण, जगाना; प्रेरण, प्रचोदन, प्रणोदन, उत्तेजन, उकसाहट, उभार, उठाना; *~ dream* जाग्रत् स्वप्न।

waker n. जागरयिता, जगानेवाला, नींद खोलनेवाला; रक्षक, निगहबान।

waking[1] n. जागरण, जागरितावस्था, जागरणकाल।

waking[2] a. जागरणशील, जाग्रत् (*~ hours, dream*); प्रणोद्यमान, उत्तेजनशील, उत्साहपूर्ण।

Walach, Wall- n. = VLACH.

Wal(l)achian a. विलाकी, विलाकी जातिका, रूमानिया एवं उत्तरके राज्यका; (n.) विलाकी भाषा।

wale, weal[1] nn. कशाघात, नील, साँट, चाबुकका निशान; बद्धी।

wale, weal[2] vv.t. नील डालना, साट डालना, चाबुकका निशान डालना, बद्धियोंका निशान डालना; (सैन्य०, *wale*) तीलियोंकी टोकरी बनाना।

Waler n. वेलर घोड़ा, (न्यू साउथ वेल्ससे भारतीय सेनाके लिए आयात घोड़ा)।

walewort n. महाबदरी।

waling n. (पलस्तर की हुई, दीवारकी तरह काममें आनेवाली) टट्टियाँ।

walk[1] n. गति, गमन, पदक्षेप, चाल, चलनेका ढंग; चलन, भ्रमण, फिरन, चहलकदमी; वायुसेवन, घूमना, हवाखोरी, टहलना; पादचार, लघु यात्रा, छोटा सैर;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

१६४५ Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

भ्रमण-स्थान, विचरणस्थान, सैरगाह; गमनमार्ग, पगडण्डी, छोटा-पतला मार्ग; स्तम्भश्रेणी, खम्भोंकी कतार; मार्ग, पथ, राह, सड़क; ~-out ⊙ श्रमिकोंकी हड़ताल; सभात्याग; विनिर्गम; ~-over सहज विजय; ~ of life व्यवसाय, पेशा; श्रेणी, दर्जा; ~ way ⊙ मार्ग, रास्ता।

walk[2]* v. i. & t. भ्रमण करना, घूमना, चलना*, टहलना, चहलकदमी करना, गश्त करना, सैर करना; (निर्दिष्ट सिद्धान्त इत्यादिके अनुरूप) व्यवहार करना, निर्वाह करना, व्यतीत करना, जीवन व्यतीत करना, बर्तना (~ *in love, humbly, honestly*); पद-विक्षेप करना, पैदल जाना, चलकर जाना (~ *into shop, upto* person, *down hill*); एक साथ चलना-फिरना, कदम-कदम चलना, चलनेमें प्रतियोगित करना; (कृषक इत्यादिका) पिल्लेको सिधाना; टहलाना, चलाना, चलाकर ले जाना (*the police ~ed the man off*); *please ~ in* पधारिये, तशरीफ लाइये; ~ *about* टहलना, सैर-सपाटा करना, व्यर्थ इधर-उधर घूमना, मटरगश्ती करना; ~ *away from* उल्लंघन करना, लाँघना, परे होना, आगे बढ़ जाना; ~ *into* (ग्रा०) ठोंकना, पीटना, मारना, मरम्मत करना, अच्छी तरह खबर लेना; ~ *off* एक दमसे चल देना; छोड़ना; ~ *off* or *away with* उड़ा ले जाना, ले भागना, चुरा ले जाना; ~ *out on* ⊙ (श्रमिकोंका) हड़ताल करना; ~ *out on* person ⊙ किसी व्यक्तिको छोड़ देना; ~ *out with* (विशे० नौकर इत्यादिके लिए) किसीसे प्रेम-सम्बन्ध रखना; प्रेम-निमित्त घूमना, ~ *over course* or ~ *over* सहज विजय पाना, धीरे-धीरे चलकर जीतना; ~ *the boards* अभिनेता होना; ~ *the hospitals* आयुर्वेदका छात्र होना; ~ *the streets* वेश्या होना।

walkable a. भ्रमणीय, संचरणीय, पर्यटनीय, टहलने योग्य, पैदल चलने लायक।

walker n. (क्रियागत अर्थोंमें) पादचारी, चलनेवाला, टहलनेवाला इत्यादि; पदचारी पक्षी (जो न तो तैरता है न उड़ता है)।

walkie-talkie n. संवाह्य रेडियो, मोटरका रेडियो, वाकी-टाकी।

walking a. पर्यटन-विषयक, भ्रमण-सम्बन्धी, संचरण-विषयक, टहलनेसे सम्बन्धित (क्रियागत अर्थ); ~ delegate श्रमजीवी-संस्थाका प्रतिनिधि; ~-dress पर्यटन-वस्त्र, सैरके कपड़े; ~ encyclopaedia महापण्डित, महाज्ञानी; ~ gentleman, lady (प्रदर्शनीके) अभिनेता, अभिनेत्री; ~ stick तृण-कीट; आश्रयदण्ड, भ्रमण-यष्टि, टहलनेकी छड़ी, बेंत; ~-tour (मनोरंजनार्थ) पाद-पर्यटन, पैदल भ्रमण।

walkyrie n. = VALKYR.

wall[1]* n. वारण, प्राकार, प्राचीर, परकोटा, शहर-पनाह; भित्ति, भीत, दीवाल, दीवार*; दीवार-सदृश कोई परदा; (pl.) दुर्ग, गढ़, किला; मोर्चाबन्दी, किलाबन्दी; (ला०) सुरक्षा, आड़; blank ~ बिना दरवाजेकी दीवार; party *or* partition ~ सीमाभित्ति, सीमा, सीमारेखा, मेंड़; ~-flower भित्तिपुष्प (एक वसन्तकालीन सुगन्धित पौधा); (बोल०, साथी न पाकर) नाचसे विरक्त स्त्री; ~-fruit भित्ति-फल; ~ game (ईटनमें खेला जानेवाला) भित्तिक्रीड़ा, फुटबालका एक ढंग; ~ ink अइवशाक; ~ of armed men, fire, bayonets सशस्त्र व्यक्ति, अग्नि, संगीनकी सुरक्षा या रोकके लिए दीवार; ~paper भित्तिपत्र, दीवारी कागज (दीवार मढ़नेका कागज); मुद्रित बेलबूटेदार नमूना; ~-pepper पत्थर-फोड़ पौधा; *head against a* ~ असम्भवसे भिड़ जाना; *see through brick-~* आश्चर्यजनक अन्तर्दृष्टि रखना, पत्थर फाड़कर देख लेना; *the weakest goes to the* ~ (दुर्बल व्यक्ति) प्रतियोगितामें हार जाता है, हटाकर एक ओर कर दिया जाता है; ~*s have ears* दीवारोंके भी कान होते हैं, सम्भव है कोई सुनता हो; *with* one's *back to the* ~ मरने-मारनेपर तैयार होकर, जानसे हाथ धोकर;

~bird, ~ board, ~-bound, ~ bracket, ~ brush, ~ calendar, ~ case, ~ climber, ~-creeper, ~-defended, ~-fed, ~-fern, ~-girt, ~-like, ~ lizard, ~-painting, ~ piece, ~ plaster, ~ pressure, ~-reaction, ~ shelf, ~-sided, ~ thermometer, ~wort.

wall[2] v.t. दीवारसे सुरक्षित करना, दीवारसे घेरना, भीत बनाना, दीवार बनाना, दीवार खड़ी करना, दीवार खींचना, फसील बनाना; दीवारकी दरारमें आड़ लगाना, ईंटें चुनकर दरीचे बन्द करना।

wallaby n. धाकुरंगक, क्षुद्र कंगारू, छोटा कंगारू; (pl. बोल०) आस्ट्रेलियावासी।

wallah n. (ऐंग्लो-इण्डियन) वाला, आदमी (*punkha, pani*, -~)।

wallaroo n. बड़ी जातिका कंगारू।

walled a. वारणित, प्राकारमय, प्राकारयुत, प्राचीरमय, परकोटेदार, शहरपनाहदार; भित्तिमय, भीतदार, दीवालसे घिरा हुआ (~ *town*)।

waller n. वारणकर्ता, प्राकार-रचयिता, प्राचीर-निर्माता, परकोटा बनानेवाला, शहरपनाह बनानेवाला; भीत उठानेवाला, दीवाल बनानेवाला, राजगीर।

wallet n. (प्रा०; यात्रामें प्रयुक्त) क्षुद्र कोष, थैला, झोला, थैली, खलीता; भिक्षाका झोला; मछली पकड़नेका सामान; (बाइसिकिल इत्यादिकी) भस्त्रा, मरम्मतके औजार (रखनेका थैला); जामादानी, छोटी चमड़ेकी पेटी या सन्दूक या बटुआ।

wall-eye n. चिट्टा, मोतियाबिन्द; (तिरछा देखनेके कारण) श्वेत चमकती हुई आँख; भेंगापन।

wall-eyed a. मोतियाबिन्दवाला; भेंगा, कंजी आँखवाला।

walling n. वारणकलाप, प्राकारसमूह, प्राचीरसमूह, परकोटा; भित्तिसमूह; प्राकारनिर्माण-वस्तु, प्राचीर-निर्माण-पदार्थ; भित्ति-निर्माण-सामग्री।

wall-knot n. (*wale-~* भी) (रस्सीके) सिरेकी गाँठ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

wall-less a. भित्तिविहीन, भीतरहित, बिना दीवारका।
Walloon १. n. (बेल्जियम और फ्रांसके निकटवर्ती लोग और उनकी भाषा)वैलून; २. a. वैलूनका, वैलून भाषाका।
wallop[1] n. आघात, प्रहार, जबरदस्त घूँसा।
wallop[2] v.t. (ग्रा०) ठोंकना, पीटना, कूटना, उधेड़ना, कोड़ा मारना, चाबुक लगाना; ऊँची आवाज करना; प्रहार करना आघात करना, घूँसा जड़ना; झपटना; बलक पड़ना, गरम पड़ना, उबलना, खुदबुदाना, बुदबुदाना, जोश खाना।
walloping[1] n. आघात, प्रहार, ठोंकाई, पिटाई।
walloping[2] a. उछलता, जोश खाता हुआ, उबलता हुआ; बड़ा।
wallow[1] n. (भैंसों इत्यादिका) लोटकर सुख पानेका स्थान या कार्य।
wallow[2] v.t. & i. (कीचड़ इत्यादिमें) अवलुण्ठित होना, विलोड़ित होना, गुड़मुड़ी खाना; लोटना, लुढ़कना; पाशविक आनन्द लेना, अश्लील आनन्द लेना, वासनाओंमें निमग्न होना; (बोल०) म्लान होना, विवर्ण होना; क्षीण होना, लुप्त होना; म्लान करना, विवर्ण करना; ~ in money धनमें लोटना, बहुत धनी होना।
wallowed a. म्लान, मुरझाया हुआ, सूखा, कुम्हलाया हुआ; अवलुण्ठित, विलोड़ित, गुड़मुड़ाया हुआ।
wallower n. अवलुण्ठक व्यक्ति, विलोड़क व्यक्ति, गुड़मुड़ी खानेवाला।
wallowing a. विलोड़क, आलोड़क, विलुण्ठी, विलोड़न-, लुढ़कनेका (जैसे, ~ *place*)।
walnut n. अक्षोट, अखरोट; अक्षोट-काष्ठ, अखरोटकी लकड़ी (~*-tree*)।
walrus n. जल-व्याघ्र, समुद्र-व्याघ्र, सिन्धु-घोटक, समुद्री घोड़ा, दरियाई घोड़ा, दरियाई गाय, वालरस।
waltz १. n. चक्रनर्तन, चक्रनृत्य, चक्रनृत्य संगीत, वाल्ज (जर्मनीका एक प्रकारका नृत्य); (जीववि०) चक्रगति; २ v.i. वाल्ज नाचना; (प्रसन्नता इत्यादिमें) नाचने लगना (*in, out, round* के साथ)।
waltzer n. चक्र-नर्तक, वाल्ज नाचनेवाला।
waltzing n. (जीववि०) चक्रगति।
wamble[1] n. वेपथु, कम्पन, काँपना, थर्राहट, ऐंठन।
wamble[2] v. i. वेपथुमान होना, कम्पित होना, थर्राना, काँपना, ऐंठना; जी मतलाना, मचलाना।
wampee n. (चीनी) पीतबदर, अँगूरी बेर (का पेड़)।
wampun n. (उत्तरी अमेरिकन भारतीयोंके) शुक्तिमालाकी गुरियाँ, सीपके मनकेकी माला; ~-belt सीपकी मालाकी पेटी।
wamus n. ⊙ फतुही, जैकेट।
wan a. विवर्ण, वर्णहीन, पाण्डु, पीला; निस्तेज, निष्प्रभ, तेजहीन, बेखून, मुर्दा; रुग्ण, क्षीण, कृश, कृशकाय, दुर्बल, बीमार-सा, दुबला; गुप्त, अज्ञात; तमोमय, अँधेरा; श्याम, कृष्णवर्ण, साँवला, काला।
wanchancy, -cie aa. हतभाग्य, अभागा; दुष्ट, दुरात्मा, शठ, बदमाश, शैतान।
wand n. धरतीमें गाड़ी हुई छड़ी; दण्ड, यष्टि, सोंटा, छड़ी; जादूकी छड़ी, जादूगरका सोंटा, कमची।
wander v. i. & t. संचरण करना, विचरण करना, पर्यटन करना, भ्रमण करना, विचरना, भटकना, जमीन नापना, घूमना, मारा-मारा फिरना, खानाबदोशीका जीवन बिताना; विभ्रान्त होना, पथ-विच्युत होना, पथ-भ्रष्ट होना, मार्गच्युत होना, गुमराह होना, बहकना, डोलना, भूलना (~*s in his talks*); (शा० या ला०) घरसे अलग हो जाना; अनर्गल बोलना, अप्रासंगिक बात करना, असम्बद्ध बात करना, अण्ड-बण्ड बकना; विकार-ग्रस्त होना, प्रलापी होना, विमूढ़ होना, चेतनाविहीन होना; प्रस्थान करना, रुखसत होना; ~-lust भ्रमण-लिप्सा, घूमनेका चस्का।
wandered a. विभ्रान्त, भटका हुआ; प्रलापी, घबड़ाया हुआ; असम्बद्ध, अण्ड-बण्ड।
wanderer n. पर्यटक, परिभ्रमक, विचरणशील व्यक्ति, रमता जोगी, आवारागर्द, जहाँगश्त, खानाबदोश।
wandering[1] n. संचरण, विचरण, भ्रमण, पर्यटन, घूमना; (प्रायः pl.) परिभ्रमिता, अस्थिरता; घुमक्कड़पन, आवारागर्दी।
wandering[2] a. भ्रमी, भ्रमणशील, संचरणशील, विचरणशील, पर्यटनशील, घुमन्तू, घुमक्कड़, रमता (~ *gangs, kidney*); विभ्रान्त, भटकता हुआ।
wanderoo n. बानर, सिंहली बन्दर।
wandy a. दीर्घ एवं तान्य, लम्बा और लचीला।
wane[1] n. क्षय, ह्रास, घटाव, उतार, कमी; *is on the* ~ ह्रास हो रहा है, घट रहा है।
wane[2] v.i. क्षीण होना; (चन्द्रमाका) क्षय होना, ह्रास होना, घटना, कम होना, ढलना; महत्त्व खोना, प्रतिष्ठा खोना, पत खोना; अवसन्न होना, अवसादित होना।
waned a. क्षीण, प्राप्तक्षय।
wang n. हनु, दाढ़; हन्वस्थि, दाढ़की हड्डी।
wangle[1] n. (ग्रा०) धूर्त्तता, चालाकी, बदमाशी।
wangle[2] v.t. (ग्रा०) चालाकीसे काम निकालना, झुठलाना; ठगना, ऐंठना, झाँसा देना।
wangler n. कृपा प्राप्त करनेवाला, इच्छित परिणाम प्राप्त करनेवाला, उद्देश्य सिद्ध करनेवाला।
wanhope n. नैराश्य, निराशा।
waning[1] n. क्षयण, क्षय, ह्रास, घटाव, उतार, कमी।
waning[2] a. क्षीयमाण, अपक्षीयमाण, ह्रासोन्मुख, क्षयी, घटता हुआ।
wanion n. (प्रा०) प्रतिशोध (*with a* ~)।
wankle a. अस्थिर, परिवर्तनशील।
wanness n. मलिनता, निष्प्रभता, विवर्णता, वर्ण-हीनता, तेज-क्षीणता, पीलापन, बदरंगी, जर्दी; क्षीणता, कृशता, कृशकायता, दुर्बलता, दुबलापन।
wannish n. निष्प्रभ-सा, पीला-सा, बदरंग।
want[1] n. राहित्य, अभाव, अपूर्णता, न्यूनता, हीनता, अप्राप्ति, कमी (*shows great ~ of thought, care, sense*); प्रयोजन; अपेक्षा, अभीक्षा, आकांक्षा, आवश्य-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

कता, चाह,माँग (*is in ~ of a servant*); निःस्वता, निर्धनता, दारिद्र्य, धनाभाव, अकिंचनता, दुर्गति, गरीबी (*living in the direst ~*); आवश्यक कामना; इच्छित वस्तु (*a man of few ~s*)।

want[2] v. i. & t. अभाव होना, अपूर्ण होना, न्यून होना, हीन होना, कम होना, घटना; (आवश्यकताओंमें *to*) असमान होना; अनुपस्थित होना; अभाव-ग्रस्त होना, विहीन होना; अपेक्षा करना, आवश्यकता होना (*it ~s careful handling*); याचना करना, चाहना, माँगना, कामना करना, इच्छा करना (जैसे, *don't ~ to go*)।

wantage n. रिक्तित्व, अभाव, अपूर्णता, न्यूनता,हीनता, कमी, खामी।

wanted a. अभीच्छित, अभीष्ट, वांछित; अपेक्षित, आवश्यक; आवश्यकता है; न्यून, कम।

wanting[1] a. अनुपस्थित, गैरहाजिर; अभावी; अभाव-ग्रस्त; ऊन, न्यून, कम, थोड़ा; त्रुटिविशिष्ट, ओछा; बुद्धू।

wanting[2] prep. ऋण, हीन, अभावमें, के विना, (जैसे, *~ common honesty, nothing can be done*)।

wantless a. अभावविहीन, तृप्त, परिपूर्ण, इच्छारहित, भरपूर।

wanton[1] n. भोगी व्यक्ति, कामी, कामासक्त, विलासी, स्वैरी, वेश्यागामी पुरुष, रण्डीबाज; स्वैरिणी स्त्री, भ्रष्ट नारी, छिनाल, बदचलन औरत; (क्र०) विनोदकारी शिशु, खिलाड़ी या शरारती लड़का।

wanton[2] v. i. केलि करना, क्रीड़ा करना, कौतुक करना, विहार करना, मनोविनोद करना, आवारा घूमना, तमाशबीनी करना; छेड़ना, बदमस्ती करना; (क्र०) कामुकतापूर्ण व्यवहार करना।

wanton[3] a. चंचल, चपल, विनोदकारी, क्रीड़ाप्रिय, क्रीड़ासक्त, खिलाड़ी (*~ child*); अनुत्तरदायी; सनकी, झक्की; मुक्त, स्वाधीन, स्वतन्त्र, अनियमित, अनियन्त्रित, बेरोक, बेलगाम (*~ growth*); प्रचुर, बहुल, खूब, काफी; कामी, कामुक, भोगी, लम्पट, विलासी, अलबेला, आवारा, आरामपसन्द, ऐयाश (*~ woman*); अनुर्वर, ऊसर, बंजर; अवश्य, अशासनीय, असभ्य, अशिष्ट, प्रचण्ड; उत्तेजित, उतावला; निरंकुश, स्वेच्छाचारी।

wantonness n. कामुकता, विलासिता, लम्पटता, ऐयाशी; चंचलता, चपलता, ढिठाई, सनकीपन।

wanty n. चर्मपट्ट, चमड़ेकी पट्टी, बद्धी, चमड़ेका चौड़ा लम्बा फीता।

wap v.t. = WHOP.

wapens(c)haw n. (स्काट०) दे० WAPPENS(C)-HAW.

wapentake n. (इंग्लैण्डमें) कमिश्नरी, शायरके एक प्रान्तका भाग।

wapiti n. (उत्तरी अमरीकी) लाल हरिण, बारहसिंगा।

Wappens(c)haw n. (स्काट०) भटगोष्ठी, योद्धा-सभा; (नियतकालिक सेनाका) समागम, संग्रहकरण, निरीक्षण, टूर्नामेण्ट।

wapper v.t. स्पन्दित होना, कम्पित होना, काँपना, थरथराना, डोलना, हिलना; अपांगचालन करना, आँख मारना, झपकाना, आँख तिलमिलाना।

war[1]* n. संयुग, संगर, सग्राम, समर, रण, युद्ध*, विग्रह, जंग, लड़ाई; (ला०) स्पर्द्धा, वैर, शत्रुता; सैनिक आक्रमण; आक्रमणोंका अनुक्रम; (युद्धमें) प्रचलित सामान्य अन्तर्राष्ट्रीय विधानका स्थगितकरण; civil ~ गृह-युद्ध; cold ~ शीत युद्ध, प्रचार-युद्ध; art of ~ युद्धकला, कुटिलनीति; ~ baby जारज सन्तान; ~-cry युद्ध-ध्वनि, रणनाद, युद्धघोष, सिंहनाद; ~-dance युद्ध नृत्य; ~-horse जंगी घोड़ा; W~ Office सैन्य-विभाग; ~ of independence स्वातन्त्र्ययुद्ध; ~ of liberation मुक्तियुद्ध; ~ of nerves आतंकयुद्ध, धैर्ययुद्ध; ~ of the elements प्रकृतिकोप; ~-paint (ला०) शिष्टाचारयुक्त पोशाक, रस्मी लिबास; (बर्बर युद्ध-के पूर्व शरीरपरका) अंकित चित्र; ~-path (अमरीकी आदिवासियोंकी) रण-यात्रा; ~s & rumours of ~ शक्ति या सेनाका प्रचार; ~ship ⊙ युद्धपोत, जंगी जहाज; ~-whoop (अमरीकी देशियोंका) फौजी नारा; ~-worn युद्धाभिभूत, (लड़ाईमें) नष्ट-भ्रष्ट; *be, go, on the ~-path* युद्ध आरम्भ करना; लड़ाई छेड़ना; *carry the ~ into the enemy's country* (ला०) प्रत्याक्रमण करना; *declare ~* युद्धकी घोषणा करना, युद्ध छेड़ना; *go to the ~* (प्रा०) भर्ती हो जाना; *has been in the ~s* (ला०) प्रहारसे क्षत-विक्षत हो गया है; *make* or *wage ~* महा-भारत रचना, युद्धआरम्भ करना, लड़ाई छेड़ना; *roll back tide of ~* आक्रमण रोकना, शत्रुको पीछे ढकेलना; *~ is death's feast* युद्धमें मौतका भोज है; *~ to the knife* मरने-मारनेकी लड़ाई, सख्त लड़ाई; ~-blasted, ~-blinded, ~ bond, ~ book, ~ cabinet, ~ cloud, ~ college, ~ council, ~ criminals, ~ diary, ~ efforts, ~ equip-ments, ~fare, ~-god, ~-guilt, ~ industry, ~ instruction, ~ maintenance, ~-maker, ~ museum, ~ plane, ~ priority, ~ propa-ganda material, ~-publicity, ~ risk, ~ risk insurance, ~-rocket, ~ room, ~ service, ~-song, ~ spirit, ~ stage, ~ supplies, ~time, ~-weariness, ~-weary, ~.work, ~-work committee, ~-worker, ~ zone.

war[2] v. i. & t. (*-rr-*) संगर करना, संग्राम करना, युद्ध करना, महाभारत रचना, जंग करना, लड़ना; (*down* के साथ) पराभूत करना, पराजित करना, हरा देना, मात करना।

warble[1] n. (जीनकी रगड़से उत्पन्न) घोड़ेकी पीठका गड्ढा; (डाँसके) कीटडिम्भ; (मक्खी-मच्छरके काटेसे उत्पन्न) फुंसी।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

warble[2] n. गीत, गायन, तराना; स्वरकम्पन, गिटकिरी; कूक, कूजन, चहक; गीतमय ध्वनि (*spoke in a ~*)।

warble[3] v. i. & t. गीत गाना, गायन गाना, तराना अलापना, स्वरकम्पन करना, गिटकिरी भरना; कूकना, कूजना, चहचहाना, चहकना; (पद्यमें) वर्णन करना, कहना।

warbler n. सुकण्ठ पक्षी, कलनादी पक्षी, चहकनेवाला, कूजिनी चिड़ियाँ (पपीहा, बुलबुल इत्यादि)।

warbling[1] n. स्वरकम्पन, गिटकिरी।

warbling[2] a. स्वरकम्पायमान, गिटकिरी भरनेवाला।

ward[1] n. रक्षा, संरक्षण, चौकसी, निगरानी, खबरदारी (*keep watch and ~*); (प्रा०, तलवार चलानेका) परिहार, निवारण; अवरोध, नियन्त्रण, बन्धन (प्रा० *is under ~*), कैद, हिरासत; अभिरक्षा, छत्रच्छाया, जिम्मा; रक्षी, प्रहरी, चौकीदार; (संरक्षक या किसी अदालतकी देखभालमें) रक्ष्य, प्रतिपाल्य, अभिरक्ष्य बालक या बालिका; रक्षित व्यक्ति; नगरभाग, नगरका प्रशासकीय विभाग, हलका; दुर्ग, गढ़, किला; (जेल या इस्पतालमें) भवनांग, कक्ष, रोगीकक्ष, बन्दीकक्ष; ~room (युद्धपोतपर) हाकिमका कमरा;

~ attendant, ~ administration, ~ boy, ~ equipment, ~ guard, ~-keeper, ~maid, ~man, ~ member, ~-mote, ~ prescription book, ~-seed, ~'s estate, ~ stock book, ~ walk, ~ woman.

ward[2] v.t. रक्षा करना, सुरक्षित रखना, निगरानी करना; निवारण करना; पहरा देना, चौकसी रखना, चौकीदारी करना; ~ *off* हटाना, परे करना, वार बचा लेना, टालना, काट देना, रोकना।

warden[1] n. एक प्रकारकी नासपाती।

warden[2] n. रक्षक, संरक्षक, रक्षिभट, रक्षापुरुष, प्रतिपालक, रखवाला, निगहबान, दारोगा; प्रहरी, पहरेदार, चौकीदार, सन्तरी; जानपद सेवक-संघका सदस्य; सभापति; छात्राभिरक्षक; क्षेत्राभिरक्षक।

wardenship n. प्रतिपालकका काम; रक्षा, रक्षकत्व, अभिरक्षिता, निगहबानी, दारोगाई।

warder n. कारागारिक, कारागारक, कारागाराध्यक्ष, कक्षपाल, जेलर, वार्डर; रक्षक, दौवारिक, सन्तरी, प्रहरी, पहरेदार (*~ guard*); (इति०; सम्राट् या सेनापतिका) अधिकारसूचक दण्ड।

wardress n. कारागारिका, कारागाराध्यक्षा।

wardrobe n. वस्त्रमंजूषा, वस्त्रकोष्ठ, वस्त्राधार, वस्त्रागार, कपड़े रखनेकी अलमारी; वस्त्र-भण्डार; वस्त्र-समूह, लिबास, कपड़े (*~ dealer, trunk*)।

wardship n. संरक्षण, संरक्षकता (*under ~*); अधीनता; रक्षापद; निगरानी; संरक्षकका ध्यान, संरक्षककी चिन्ता।

ware[1] n. भाण्ड, भाजन, पात्र, बर्तन; द्रव्य, पदार्थ, वस्तु; (बहुव०) पण्य, पण्यद्रव्य, बिक्रीका माल, सौदा, सामान (*hard~, tin~*); मिट्टीके बर्तन, मिट्टीके बर्तनोंकी किस्में; (आविष्कर्ताके नामसे) माल तैयार होनेका स्थान।

ware[2] v.t. (बोल०, प्रायः आशा०) बचते रहो, टलते रहो, इससे बचो, दूर रहो (*~ hounds, wire*); (शिकार इत्यादिमें) सावधान रहो, होशियार रहो।

ware[3] a. (का०) ज्ञात, विदित, जाना-पहचाना; सावधान, सचेत।

wareful a. सजग, सावधान, होशियार; स्थिर, धीर, संयमी, विवेकशील।

warefulness n. सजगता, सावधानी, होशियारी; स्थिरता, धीरता, संयम, विवेकशीलता।

warehouse १. n. आगार, संग्रहागार, विक्रयागार, भण्डार, भाण्डागार, कोष्ठागार, पण्यागार, मालखाना, आढ़त, कोठी, गोदाम; २. v.t. भण्डारमें रखना, गोदाममें रखना; ~man भाण्डागारिक, भण्डाराध्यक्ष, भण्डारी, गोदामका स्वामी;

~ act, ~ book, ~branch, ~ inspector, ~ keeper, ~ keeper's certificate, ~man's bond, ~man's lien, ~ receipt, ~register, ~ rent, ~ staff, ~ statement, ~ station, ~ sub-inspector, ~ warrant.

warehousing n. भण्डार भरना, गोदाममें रखना;

~ facilities, ~ legislation, ~ port.

warfare n. युद्धकर्म, विग्रहकर्म, संगर, संयुग, संग्राम, युद्ध, लड़ाई, झगड़ा (*after long ~*)।

warfarer n. युद्धकर्मी, विग्रहकर्मी, संगरक व्यक्ति, योद्धा, लड़ाई करनेवाला।

warfaring n. योधन, विग्रहण, संगरण; युद्ध, संग्राम, लड़ाई।

wariness n. विचक्षणता, चतुरता, सजगता, सतर्कता, सावधानी, चौकसी, होशियारी, खबरदारी।

warlike a. रणप्रिय, रणोत्सुक, युद्धप्रिय, रणकुशल; रणवीर, लड़ाका, झगड़ालू; सामरिक, सांग्रामिक, युद्धसम्बन्धी (*~ preparations*); युद्धवाला।

warlock n. (प्रा०) मायाकार, जादूगर।

warm[1] a. & n. उष्णिल, उष्ण, कोष्ण, कवोष्ण, अल्पोष्ण, मन्दोष्ण, तप्त, गरम*; गर्म रखनेवाला; व्यग्र, प्रचण्ड; उत्साही, सोत्साह, सरगरम, जोशीला; जीवित, सजीव; सतेज, तेजोमय; आशावादी; उग्र, क्रुद्ध, रुष्ट; प्रेममय, प्रीतिपूर्ण, स्नेहपूर्ण (*has a ~ heart*); समवेदनामय, संवेदनशील, ग्रहणशील, सहजप्रभावित; ओजपूर्ण; (रंग) गाढ़ा, भड़कीला, चटकदार; तुमुल, घोरतर (*the dispute grew ~*); (शिकारकी बू) गरमागरम, तेज और ताजा; (छिपे हुए व्यक्तिके) अति निकट, बिल्कुल करीब; (व्यक्ति) सम्पन्न, सुखी, खुशहाल; (कर्मचारी इत्यादि) बहुपरिचित; ~ blood उष्ण रक्त, गरम खून; अति अनुरक्त, अति आसक्त, क्रोधी; ओजपूर्ण, जोशीला; ~-blooded उष्णास्र, उष्णरुधिर, गरम खूनवाला; ~ description कामोत्तेजक वर्णन;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~-hearted संवेदनशील, स्नेहपूर्ण, अनुरागी, स्नेहशील; भावपूर्ण; सोत्साह, उत्साही, जिन्दादिल; ~-heartedness प्रेम, अनुराग, स्नेहातिशय, हमदर्दी; उत्साह; ~-backed, ~-breathed, ~-clad, ~ climate, ~-coloured, ~-contested, ~ countries, ~ friend, ~ front, ~-heartedly, ~ moist weather, ~ rain, ~ reception, ~ sector, ~-tempered, ~ thanks, ~-tinted, ~ water, ~ wave, ~ weather, ~ weather crops, ~ welcome, ~ wind, ~-wrapped.

warm[2] n. ओषण, ऊष्णीकरण, उष्ण करनेकी क्रिया (*must give it another ~ first*); ताप; तपन, गरमी।

warm[3] v.t. & i. उष्ण करना, उत्तप्त करना, तत्ता करना, तपाना, सेंकना, गरम करना (*fire ~s room*); उत्साहित करना या होना, प्रचोदित करना या होना, प्रणोदित करना या होना, प्रेरित करना या होना, भड़काना, भड़कना; उकसाना, उभारना या उभड़ना; उष्ण होना, उत्तप्त होना, गरम होना (*room is ~ing up*); तापना, धूप खाना; सतेज होना, तेजोमय होना; समवेदनशील होना, सहानुभूतिमय होना।

warmer n. गरम करनेका यन्त्र या बर्तन।

warming n. (ग्रा०) ओषण, ऊष्णीकरण, गरम करना; (ग्रा०) कुन्दी, पिटाई, मरम्मत; ~-pan (बिछौनेको गरम रखनेकी) अँगीठी; (ला०; किसी पदपर) स्थायी कार्यकर्ता।

warmness n. उष्णिलता, उष्णता, ओष्णता, कोष्णता, कवोष्णता, मन्दोष्णता, तपन, गरमी; व्यग्रता, प्रचण्डता; उत्साहिता, सोत्साहता, सरगरमी, शौक; जीवितता, सजीवता; सतेजता, तेजमयता; आशावादिता; क्रुद्धता, रुष्टता; ओजपूर्णता, जोशीलापन।

warmonger n. युद्धलिप्सु, युद्धोत्तेजक।

warmth n. ओष्णता, मन्द ताप, उत्ताप, गरमी; संवेदनशीलता, सहृदयता; उत्साह, आवेश, जोश, सरगर्मी, तपाक; चण्डता, तीक्ष्णता; स्नेह; उत्तेजना।

warn v.t. प्रबुद्ध करना, प्रबोधन करना, सतर्क करना, सचेत करना, पूर्वसूचित करना, सूचना देना; आदेश देना, आज्ञा देना, निर्देश करना; सावधान करना, चेतना देना, चेतावनी देना, होशियार करना, आगाह करना, खबरदार करना, जता देना; मना करना, रोकना।

warned a. अपसूचित, प्रबोधित, चेतावनी पाया हुआ।

warner n. अपसूचक, प्रबोधयिता, सतर्क करनेवाला, सचेत करनेवाला, पूर्वसूचना देनेवाला; आदेष्टा, आज्ञापक, निर्देष्टा, हुक्म देनेवाला; सावधान करनेवाला, चेतावनी देनेवाला, होशियार करनेवाला; ~ signal (रेलवे) सूचन-संकेत।

warning n. अपसूचन, प्रबोधन, परिबोधन, पूर्वसंवाद, सतर्कीकरण, सावधान-वाणी, चेतावनी, खतरेकी इत्तला, खबर, आगाही (*palpitation is a ~ of heart trouble*); *give ~* (नौकरी इत्यादिसे) चेतावनी देना; *take ~* सावधान होना, सतर्क होना, चौकन्ना होना, होशियार होना; चेतावनीसे लाभ उठाना।

warp[1] n. तान, तानक, ताना (*~ thread*); जहाज खींचनेकी रस्सी; विकुंचन, ऐंठन, मरोड़; (ला०) मानसिक पक्षपात; (नदीके जलसे जमी हुई) मिट्टीकी तह।

warp[2] v.i. & t. वक्र करना, विकुंचित करना, विकुंचन करना, ऐंठना, ऐंठ देना, मोड़ना, मुड़ना, बल खाना, लचाना, मरोड़ना, टेढ़ा करना या होना (*sun had ~ed the boards, seasoned timber does not ~*); विपथगामी करना, कुमार्गगामी बनाना, विमार्गी करना, पथभ्रष्ट करना या होना, गुमराह होना, बिगाड़ना; (नौवि०) रस्सीसे जहाज खींचना; तानना, ताना बनाना; उर्वरा करना, उपजाऊ बनाना या होना।

warped a. विकुंचित, वक्र, टेढ़ा किया हुआ, ऐंठा हुआ, मरोड़ा हुआ (*~ wood*)।

warper n. वक्रणीकार, तानक व्यक्ति, विकुंचक व्यक्ति, ताना बनानेवाला; वक्रणी-यन्त्र, तानक यन्त्र, ताना बनानेका औजार।

warping n. विकुंचन, टेढ़ा पड़ना; तानन, ताना बनाना।

warrant[1] n. सम्मोदन, प्रमाण, अधिकार (*have no ~ for what you do*); अधिपत्र, अधिकार-पत्र (*~ case, form*); आदेश-पत्र, समादेश-पत्र; आज्ञापत्र, अनुज्ञा-पत्र, फरमान, हुक्मनामा; प्रमाणपत्र, सनद; प्रमाणक; प्रलेख, दस्तावेज; आधर्ष-पत्र, वारण्ट (*a ~ is out against him*); प्रतिभू, प्रत्याभूति; जमानत; समाश्वासन।

warrant[2] v.t. प्रतिज्ञा करना, उत्तरदायित्व लेना, जिम्मा लेना; औचित्य प्रतिपादित करना; निश्चय करना; विश्वास दिलाना, समाश्वासन देना, निश्चय दिलाना; निर्विघ्न करना, विघ्नरहित बनाना; प्रमाणित करना, सप्रमाण कहना, समर्थन करना, थामना, सम्हालना (*nothing can ~ this insolence*)।

warrantable a. न्याय्य, न्यायसंगत, समर्थयितव्य, समर्थनीय, प्रमाण्य, प्रमाण-योग्य; वैध, कानूनी; उचित, उपयुक्त, वाजिब, जायज; आखेटनीय, शिकारके लायक (*~ stag*); रक्षितव्य।

warrantableness n. न्याय्यता, न्यायसंगतता, समर्थयितव्यता, समर्थनीयता, प्रामाण्य, प्रमाण-योग्यता; वैधता, कानूनीपन; औचित्य, उपयुक्तता, आखेटनीयता, शिकारके लायक होना; रक्षितव्यता।

warranted a. समाश्वस्त, समर्थित, सप्रमाण, प्रमाणित; वैध, कानूनी; उचित, उपयुक्त।

warrantee n. समाश्वस्ती, अध्याभूतिधारी, अधिकार पानेवाला व्यक्ति।

warranting a. समर्थक, प्रमाणक; वैधकर, कानूनी बनानेवाला।

warrantor[1] n. समाश्वासक, समर्थक; अधिकार-दाता; प्रमाणक, प्रमाणित करनेवाला व्यक्ति।

warrantor[2] n. अध्याभू, जामिन, जिम्मेदार।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

warranty n. अध्याभूति, अधिकार, साक्ष्य, प्रामाण्य, प्रमाण, नजीर; अनुमोदन, समर्थन; प्रमाण-पत्र; निर्भर-पत्र, सामर्थ्य-पत्र, जमानत (~ *period*)।

warren n. शशक-पालन-भूमि, शशक-निलय, खरहोंके रहनेका बाड़ा; (ला०) गन्दी जगह।

warrener n. पशु-भूमि-रक्षक, पशुपालन-स्थान-रक्षक, जानवरोंके बाड़ेका रखवाला।

warring a. विरोधी, असंगत (~ *principles*)।

warrior n. शूर, योद्धा, वीर, रण-कुशल सैनिक, बहादुर सिपाही; (गुण०, राष्ट्र इत्यादि) युद्धप्रिय, सामरिक, जंगी; the unknown W~ *or* Soldier (१९१४-१८ के युद्धमें) अज्ञात सैनिक, गुमनाम सिपाही।

wart n. चर्मकील, कच्छपी, अधिमांस, मस्सा, मसा, गूमड़ी; (वन०) किण, कील, द्रुकील, तनेका मसा;~-hog (अफ्रीकाका) मसेदार सुअर; *paint* one *with his ~s* किसी व्यक्तिका वास्तविक (दोषसहित) चित्र उतारना।

warted a. चर्मकीलित, कच्छपीयित, अधिमांसमय, मस्सेदार, मसेदार; (वन०) कीलित, दुक्रीलमय, तनेके मस्सेवाला, गुमड़ीदार।

wartless a. अचर्मकील, कच्छपीहीन, अधिमांसविहीन, बिना मस्सेका; कीलहीन, द्रुकीलविहीन।

wartwort n. सूर्यदुग्धी।

warty a. कीलयुक्त, मस्सेदार; गाँठदार मस्सोंसे पूर्ण।

wary a. विचक्षण, चतुर, सजग, अप्रमत्त, सतर्क, सावधान, चौकस, होशियार।

was aux. v. था।

wase n. कुण्डली, गेंड़ुरी, गण्डुली।

wash[1]* n. क्षालन, प्रक्षालन, धावन, धोना*, धोवट, धुलाई (*give it a good* ~); नहान, नहलाई; लादी, धुलनेवाले कपड़े; जलान्दोलन, पानीकी हलचल; दरिया-बरारकी मिट्टी, दलदल, पाँका; (सुअरोंको प्रदत्त) रसोई-घरका पानी; जलवत् वस्तु (*this juice, soup, is a mere* ~); (ला०) बकवाद, गपशप; (घाव आदि धोनेका) अवसेक, द्रव-ओषधि, लोशन; (स्वर्ण इत्यादिका) आलेप, पानी, मुलम्मा; जलरंग, रोगन, वाटर-कलर; पुचारा; the ~ धुलाई; ~-bowl⊙ मुँह धोनेकी मेज-परका बर्तन; ~-hand-stand मुँह धोनेकी मेज; ~-house धोबीखाना, धुलाईखाना, लाण्ड्री; ~-leather साफ करनेका चमड़ा, सावरका चमड़ा; ~-out बाढ़; (बाढ़से हुई) क्षति, हानि; (प्रा०) लक्ष्यमें असफलता, टायँ-टायँ फिस्स; (प्रा०) पूर्णतया असफल व्यक्ति; ~-pot धोनेका बर्तन, कलईका बर्तन; (प्रा०) पिघले हुए राँगेका बर्तन; ~room⊙ प्रयोगशाला; ~-tub कपड़ा धोनेका बर्तन; ~-water धावन जल, नहाने-धोनेका साफ पानी; ~woman⊙ धोबिन;

~basin, ~basket, ~-board, ~ bottle, ~bowl, ~cloth, ~day, ~down closet, ~land, ~ leather bag, ~out closet, ~out plug, ~rag, ~room, ~ shed, ~ ~stand, ~tray, ~ work.

wash[2] v.t. & i. क्षालित करना, प्रक्षालित करना, धोना, नहाना, नहलाना, धोकर साफ करना, पखारना, खँगालना; (*out* के साथ) मिटा डालना; छीलना, काटना, दूर करना; कपड़े धोना, धुलाईका काम करना; (बिना रंग नष्ट हुए) साफ हो जाना; छिन्न करना, संछिन्न करना, भिगोना, भीगना, नम करना या होना (~*ed with dew*); (नदी इत्यादिका) तट-स्पर्श करना; (गतिशील द्रवका) निर्दिष्ट दिशामें ले जाना; निर्वस्त्र करना, वस्त्ररहित करना, नंगा करना; उलीचना, निकालना, गन्दगी बहा ले जाना; फैलकर बहना; ऊपर बहाना; (कच्ची धातुको) पानीसे धोकर निथारना; (सोने इत्यादिका) पानी फेरना, मुलम्मा करना; (दीवार इत्यादि पर) पुताई करना; हलका रंग पोतना, कलई करना; ~ *off* बहा ले जाना; ~ one's *hands* (ला०)दायित्व लेनेसे इन्कार; ~ *out* भीतरसे धोना; धोकर बहा देना; ~ *up* मुँह हाथ धोना, (बर्तन) धो डालना।

washable a. क्षाल्य, क्षालनीय, प्रक्षाल्य, प्रक्षालनीय, धाव्य, धावनीय, धोने योग्य, धुलाईके लायक; पानी चढ़ाने योग्य, मुलम्मा देने लायक।

washed a. प्रक्षालित, मार्जित, धौत, धोया हुआ, धुला हुआ; ~-out शक्तिहीन, दुर्बल, थका-माँदा।

washer[1] n. धावित्र, निपीड़क, धावक; प्रक्षालन-यन्त्र, धोनेकी मशीन; वलयक, वाशर; (~*man* भी) धावक, बरेठा, धोबी; ~woman धावकी, धोबिन, बरैठिन।

washer[2] v.t. वाशर लगाना।

washiness n. जलवत्ता, सीलन, नमी; दुर्बलता, निर्बलता, पतलापन, बोदापन।

washing n. क्षालन, प्रक्षालन, मार्जन, धावन, धुलाई, धोव (~ *soda*); धौत वस्त्र, धुले हुए कपड़े; लादी, धुलाईके कपड़े; ~ stand मुँह-हाथ धोनेकी मेज।

washy a. जलवत्, पानी-सा, पनीला, सीला, नम, गीला, तर; अपुष्ट, निर्बल, दुर्बल, कमजोर, पतला; (रंग) अत्यधिक हल्का, फीका; फिसफिसा, बोदा।

wasp n. बरट, बरटा, बिर्नी, बर्रे, भिड़, हड्डा, ततैया; ~-waisted पतली कमरवाली।

waspish a. बरटाशील, भिड़-सा; कर्कश स्वभावका, झल्ला, चिड़चिड़ा, तुनुकमिजाज, बदमिजाज।

waspishness n. कर्कश स्वभाव, चिड़चिड़ापन, तुनुकमिजाजी।

wassail[1] n. मद्यपानोत्सव, सुरापानोत्सव; मद्यपानोत्सव-में पी जानेवाली मदिरा; (~*-bowl*)।

wassail[2] v. i. मद्यपानोत्सव करना, सुरापानोत्सव मनाना, खूब पीना-पिलाना, रँगरेलियाँ करना।

wassailer n. मद्यपायी, सुरापायी, शराबी, मतवाला; मद्यपानोत्सवभागी, सुरापानोत्सवमें भाग लेनेवाला; मद्यकेली व्यक्ति, शराब पीकर ऊधम मचानेवाला।

wast WAS का द्वितीय पुरुष।

wastable a. ध्वंस्य, नाश्य, परिहार्य, फेंकने लायक; निरर्थक, निरुपयोगी, निकम्मा, रद्दी।

wastage n. क्षेप्यक, क्षेप्य-मात्रा; नाश, हानि, क्षय,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अपचय, अपव्यय, छीजन (~ *allowance*); व्यर्थ व्यय, फिजूलमें खर्च किया हुआ धन।

waste[1] n. मरुभूमि, मरुप्रदेश, मरुस्थल, मरुथल, रेगिस्तान; ऊसर भूमि, बंजर भूमि; निर्जन स्थान, वीरान प्रदेश, उजाड़खण्ड; नाश, ह्रास, अवसाद, ध्वंस, क्षय, क्षति, बरबादी, तबाही, खराबी *(wilful ~ makes woeful want)*; छटन, छीलन, कतरन, कूड़ाकरकट, चिथड़ा, चिरकुट; (समय, धन इत्यादिका) अपचय, अपव्यय, फजूलखर्ची; (कानून) पट्टेदार द्वारा सम्पत्तिको पहुँचायी गयी क्षति; ~ basket⊙, ~-paper basket रद्दी कागजकी टोकरी।

waste[2] v.t. & i. (कानून) असावधानीसे सम्पत्ति नष्ट करना; अति व्यय करना, उड़ा देना, फजूलखर्ची कर देना; क्षीण होना, दुर्बल होना, घुलना, घुलाना; (प्रा०, समयका) बीतना, गुजरना; क्षय करना, घटाना, घटना, ध्वंस करना, नष्ट होना, बिगाड़ना, बिगड़ना, बरबाद करना या होना, उजाड़ना, उजड़ना, खराब करना या होना, लुटना, गँवाना, खोना (~ *money, time*); ~ *breath* or *words* व्यर्थकी बातचीत करना; ~ *not want not* न अपव्यय करो न अभावग्रस्त हो।

waste[3]* a. ऊसर, बंजर*, परती; निर्जन, निर्मनुष्य, जनहीन, वीरान, उजाड़; (ला०) उदासीन; निःसार, क्षेप्य, व्यर्थ, उच्छिष्ट, अवशिष्ट, निरर्थक, निरुपयोगी, बेकार, निकम्मा, रद्दी; नष्ट, ध्वस्त, बरबाद*; शून्य, खाली *(the ~ periods of history)*; ~ land खिल भूमि, वन्ध्या भूमि, ऊसर भूमि, बंजर भूमि; ~ paper क्षेप्य पत्र, रद्दी कागज; ~ products क्षेप्य उत्पाद, रद्दी माल, व्यर्थ पैदावार; *lay* ~ वीरान करना, उजाड़ना; *lie* ~ वीरान होना, उजड़ना;

~ area, ~-basket, ~-bin, ~board, ~-book, ~ card, ~ coloured mixing, ~ consumption, ~ cotton, ~-cotton yarn, ~ energy, ~ land rules, ~ matter, ~ pipe, ~ silk, ~ steam, ~ water, ~ way, ~ weir, ~ wood, ~ yarn.

wasted a. परिक्षीण, क्षीण, अपचित, व्ययित; नष्ट।

wasteful a. अपव्ययपूर्ण, व्ययी, व्ययशील, खर्चीला, लुटाऊ, उड़ाऊ; क्षयी, क्षयपूर्ण, क्षयकारी, ध्वंसकर, अनिष्टकर, अपचयपूर्ण, क्षतिजनक, हानिकर (~ *use*)।

wastefulness n. व्ययिता, अपचय, अनुचित व्यय, फजूलखर्ची; ध्वंसकरता, अनिष्टकरता, अपचयपूर्णता, क्षतिजनकता।

wasteless a. अविनाशी, अक्षय्य, जो खराब न हो।

wasteness n. ऊसरता, बंजरपन, परतीपन; निर्जनता, निर्मनुष्यता, वीरानापन, उजाड़पन; उदासीनता, निरर्थकता, निरुपयोगिता, निकम्मापन, रद्दीपन; नष्टता, ध्वस्तता।

waster n. क्षेपक; उड़ाऊ, लुटाऊ; अकर्मण्य पुरुष, व्यर्थ पुरुष, निखट्टू आदमी, बेकार आदमी।

wasting १. n. ह्रास, क्षय; क्षीयमाणता; २. a. क्षतिकारी, क्षयी, नाश करनेवाला, निकम्मा करनेवाला; अपव्ययी, क्षीयमाण, कृश्यमान, दुबला होनेवाला।

wastrel n. (निर्माणकालमें) विनष्ट वस्तु, क्षेप्य पदार्थ, कूड़ाकरकट; परित्यक्त बालक, आवारा बच्चा; अकर्मण्य व्यक्ति, निकम्मा या निखट्टू आदमी।

watch[1]* n. (अब क०) रात्रि-जागरण; सतर्कता, सजगता, जागरण, जागरूकता, सावधानी, खबरदारी, चौकसी; प्रहरी, रक्षी, पहरुआ, पहरेदार, चौकीदार; रक्षा, रक्षण, परिरक्षण, निगरानी, पहरा*, चौकी; (इति०) रात्रि-चर; रात्रि-प्रहरी, रातका चौकीदार; याम, प्रहर, पहर; जहाजपर पारी-पारीसे काम करनेवाले गिरोह; घटी, घटिका, (छोटी) घड़ी* (~-*oil*); ~ and ward रक्षा-प्रेक्षा, पहरा-निगरानी, पहरा और रखवाली; n. रक्षा-प्रहरी; ~-chain (घड़ीकी) चेन, जंजीर; ~dog रक्षी कुक्कुर, गृहरक्षक कुत्ता, रखवाला कुत्ता; ~-fire (रातमें जलाई हुई) पहरुवेकी आग; ~-guard प्रहरी रक्षक, (घड़ीकी) चेन, जंजीर; ~-key घड़ीकी चाबी; ~man रक्षी, रक्षक, प्रतिहारी, प्रहरक, प्रहरी, पहरेदार, रखवाला, चौकीदार; ~-night प्रार्थनाकी रात, वर्षकी अन्तिम रात; ~-pocket घड़ी-जेब; जेबी घड़ी रखनेका खीसा; ~-tower पहरेकी मीनार; ~word प्रत्ययवचन, सावधान शब्द; प्रहरी-संकेत; दलसिद्धान्त; *in the ~es of the night* जागनेकी घड़ियोंमें; *on the* ~ ताकमें रहना; *pass as a* ~ *in the night* शीघ्र भूल जाना; ~ *out*⊙ पहरा देना, नजर रखना;

~ boat ~case, ~cry, ~-free, ~-glass, ~keeper, ~maker, ~making, ~mate, ~-spring, ~woman, ~work.

watch[2] v. i. & t. जागृत रहना, सजग रहना, सतर्क रहना, जागरूक रहना, पहरा देना, जागते रहना, खबरदार होना, चौकसी रखना *(~ed all night by his side)*; रात्रि-जागरण करना, रतजगा करना; रक्षा करना; दृष्टि रखना, देखते रहना; निरीक्षणमें रखना; (निरीक्षणपूर्वक) अनुसरण करना, पीछा करना; प्रतीक्षा करना, ताकमें रहना, ध्यान रखना (~ one's *time*)।

watcher n. (रात्रिमें बीमारका) परिचारक, तीमारदार; प्रहरी, पहरुआ, पहरेदार; रक्षक, चौकसी करनेवाला; जागनेवाला।

watchet १. a. नीलाभ पीत, पीताभ नील, पीला-नीला; २. n. नीलाभ वर्ण।

watchful a. जागृत, जागरूक, अप्रमत्त, सतर्क, दक्ष, सावधान, खबरदार, चौकन्ना, चौकस।

watchfulness n. जागृति, जागरूकता, सतर्कता, सावधानी, खबरदारी, चौकसी।

water[1]* n. उदक, वारि, जल, नीर, पानी; मूत्र, पेशाब; आँसू; लार; जलाशय, सागर, समुद्र, तालाब, खाड़ी, झील, नदी; ज्वार-भाटाकी गति; जलमें घुलनेकी क्रिया; (हीरे इत्यादिकी) आभा, प्रभा, पानी, चमक; गुण *(a genius of the first ~)*; (अर्थ, वित्त) अधिपुंजीयन, तरलन द्वारा जोड़ी गयी पूँजी; जलोत्पन्न,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

wheel[1]* n. रथांग, चक्र, चक्का, पहिया*, चक्कर*; चाक; चर्खा, चखीं; घिरनी, फिरकी; भाग्य-चक्र, किस्मतका चक्कर (*Fortune's ~* भी); चक्रगति, चक्राकार गति, मण्डलाकार गति, दौड़ (*street arab turning ~s in the gutter*); मण्डल; गोल टिकुली, बिलम्ब; a journey ~ ⊙ यात्रा-तालिका; the ~s of life जीवन-चक्र, प्राणाधारक प्रक्रियाएँ; toothed ~ दन्त-चक्र, दाँतेदार पहिया; ~ & axle चक्र और अक्ष-दण्ड; ~barrow एकचक्रिणी, ठेला, ठेलागाड़ी, ह्वील बैरो; ~ chair ⊙ नहानेकी कुर्सी, बाथ चेयर; ~-house (मछाहका) आश्रय-स्थल; ~-lock तोड़ेदार बन्दूक; ~man सायकिल-चालक; ~ window चक्राकार वातायन, पहियेकी तरह खिड़की; ~s within ~s बहाने; ~wright रथकार, चक्रकार, पहिया बनानेवाला; *go on ~s* सरलतासे चलना; काम चलाना; *on the ~* चर्खीपर चढ़ाकर मारना; *right ~* दाहिने मुड़ों; *~s within ~s* जटिल व्यापार; पेचीदा यन्त्र;

~ animalcule, ~ attachment, ~ band, ~ base, ~ box, ~-carriage, ~-cut, ~ diameter, ~-lock, ~ maker, ~-marked, ~ mechanism, ~ ore, ~ organ, ~ plough, ~race, ~ road, ~-shaped, ~smith, ~-spun, ~-twined, ~way, ~work, ~-worn.

wheel[2] v.t. & i. चक्र देना, चक्र खाना, फिराना, फिरना, चकराना, घूमना, घुमाना; (शिथिलतया) दिक्परिवर्तन करना, दिशा बदलना, मुड़ना; (शा० एवं ला०) दूसरा रास्ता अपनाना; ठेलना, ढकेलना, खींचना; वृत्ताकार घूमना, टेढ़े-मेढ़े चलना; सायकिल चलाना ।

wheelage a. चक्र-शुल्क, चक्रयान-शुल्क, पहियेदार सवारीकी चुंगी; चक्रगतिमान ।

wheeled a. चक्रिल, सचक्र, चक्रयुक्त, पहियेदार ।

wheeler n. (क्रियागत अर्थोंमें) घूमनेवाला, घुमानेवाला; वलयाकार घूमनेवाला, चक्कर काटनेवाला; (जुते घोड़ोंमेंसे) बमका घोड़ा; चारचाकी गाड़ी, चार पहियोंकी सवारी; चक्रनिर्माता, पहिया बनानेवाला, चक्कर-साज ।

wheeling n. चक्रण, घूमना, घुमाना ।

wheelless a. चक्रविहीन, बिना पहियेका ।

wheely a. चक्राकार, वलयाकार, वृत्ताकार, गोल, चक्करदार ।

wheen n. लघु मात्रा, थोड़ी संख्या ।

wheeze[1] n. घरघराहट, खरखराहट, खरर्-खरर्की आवाज; सनसनाहट, साँय-साँयकी आवाज; (रंगमंच, ग्रा०) परिहास, फबती ।

wheeze[2] v. i. & t. कष्टसे निःश्वास लेना, खरर्-खरर् साँस लेना, घरर्-घरर् करना, साँय-साँय करना, सरसराना, सूँ-सूँ करना; ~ *out* सूँ-सूँ करके बोलना ।

wheeziness n. घरघराहट, खरखराहट, सरसराहट ।

wheezing n. कष्ट निःश्वसन, नाक खरखराना, गला घरघराना ।

wheezy a. खरखराहटका, खरर्-खरर् करनेवाला ।

whelk[1] n. वलिक, अनेकजातीय समुद्री घोंघा ।

whelk[2] n. ददौरा, मुँहासा, फुंसी ।

whelked n. मुँहासेवाला, फुंसीदार ।

whelky a. वलिकवत्, घोंघे-जैसा; ऐंठा हुआ ।

whelm v.t. (का०, भाषण०) मग्न कर देना, डुबो देना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

घेरना, भर देना; (ला०) प्रभावित करना, आच्छन्न करना, अभिभूत करना, दबाना; कुचल डालना, मार डालना।

whelp[1] n. पिल्ला, कुत्तेका बच्चा; (शेर, चीते इत्यादिका) शिशु, शावक, बच्चा; बघेला।

whelp[2] v. i. & t. प्रसव करना, जनना, ब्याना, बच्चे देना; गढ़ना, निकालना, बनाना।

when[1] n. तिथि, दिनांक, तारीख; समय, अवसर, वक्त (जैसे, *he told me the ~ and the how of it*)।

when[2] pron. कब, कितने बजे, किस (समय); जब, जिस समय (*~ can you stay ?*)।

when[3] adv. कदा, कब, किस समय, किस अवसरपर, कितने काल पूर्व (जैसे, *~ did, shall, you see him ?*); यदा, जब*, जब कभी (जैसे, *the time ~ such things could happen is gone*); ज्योंही, जैसे ही, जिस वक्त (जैसे, *he exclaimed ~ he saw me*); यद्यपि, जब कि, तिसपर भी, हालाँकि (*walks ~ he might ride*); जिसके बाद ही, जिसके साथ ही (जैसे, *the conflict began, ~ it soon appeared which was stronger*); *~ in Rome do as Romans do* जैसा देश वैसा भेस।

whenas adv. तत्रान्तरे, उस समय कि, ज्योंही।

whence[1] n. मूल, उद्गम-स्थल, उत्पत्ति-स्थान; प्रस्थान-स्थल (जैसे, *we know neither our ~ nor our whither*)।

whence[2] pron. कहाँसे (*from ~ is he ?*); जहाँसे (*the source from ~ it springs*)।

whence[3] adv. कस्मात्, किस माध्यमसे, किस जरियेसे, किधरसे, कहाँसे, किस तरहसे, कैसे; यस्मात्, जहाँसे, जिधरसे, जिस स्थानसे, जिस तरहसे (जैसे, *return ~ you came*); जिससे, जिसलिए।

whenever, whene'er adv. जब कभी, जिस किसी अवसरपर, ज्यों ही, जैसे ही, प्रत्येक ऐसे अवसरपर।

whensoever आखिर कहाँसे, किस स्थानपर, किस कारण, जहाँसे भी।

where[1] n. स्थान, स्थिति, जगह (*the ~s & whens are important*); ~about(s) मूलस्थिति, पता, ठौर-ठिकाना; ~at किसी बातपर, किस पर; जिस बातपर, जिसपर; जब, जिस समय; ~by यद्द्वारा, जिससे, जिस बातसे; किससे, किस बातसे; कैसे (*~by shall we know him*); तद्द्वारा, तिससे, तिस बातसे; ~fore किस कारणवश, किसलिए, किस वास्ते; जिस कारणवश, जिस लिए, जिस वास्ते; ~from कहाँसे, किससे; जहाँसे, जिससे; कैसे; ~in किस बातमें, किसमें, किस लिहाजसे; जिस बातमें, जिसमें; ~insoever चाहे जिस बातमें, चाहे जिस तरहसे; ~into किसमें; जिसमें; ~of किसका; जिसका; ~on किसपर; जिसपर; ~to किसलिए; काहेके लिए; कहाँको, कहाँ तक; जहाँ, जिस ओर, जिस तरफ; जिसके जवाबमें; ~upon तदनन्तर, तत्पश्चात्, तब, इसपर; जब, जिसपर, जिसके बाद; कब, किसपर, किसके बाद; ~with, ~withal किससे, किसके साथ; जिससे, जिसके साथ।

where[2] pron. कहाँ, कौन-सी जगह (*~ did you come from ?*); जहाँ, जिस जगह (*the place ~ he lives*)।

where[3]* adv. कहाँ*, किस स्थितिमें, किस दशामें; किधर, किधरको; कहाँपर, किस स्थानपर, किस जगह (जैसे, *~ is Heaven*); जहाँ, जिस स्थितिमें, जिस दशामें; जिधर, जिस दिशामें; जिस स्थानपर, जिस जगह।

whereas conj. यतः, यद्यपि, जब कि, हरगाह कि, परन्तु, चुनांचि; (पूर्वकथित अंशकी) तुलनामें; इसके विपरीत।

whereness n. शून्य स्थिति।

wherever, where'er, wheresoever adv. यत्रकुत्रापि, जहाँ-कहीं भी, जहाँ-जहाँ।

wherry १. n. क्षुद्र नौका, डोंगी, पनसुई, हल्की किश्ती; २. v.t. & i. डोंगी चलाना; डोंगीसे जाना, डोंगीपर ले जाना।

whet[1] n. शाण, सान, धार; सान-चढ़ाई, सान-रखाई, सान-धराई; (भूखको और उत्तेजित करनेवाला) लघु परिमाण, क्षुद्र मात्रा; (शराब इत्यादिका) जरा-सा घूँट, चुस्की; ~stone शाणाश्म, शाण-प्रस्तर, शाण, सान, सिल्ली; बुद्धि तेज करनेवाला तत्त्व।

whet[2] v.t. निशित करना, शान देना, तीक्ष्ण करना, सानपर रखना, सान धरना, धार रखना, तेज करना, पैना करना; (भूख इत्यादिको) उत्तेजित करना, तीव्र करना, गुस्सा बढ़ाना, उकसाना, भड़काना।

whether[1] pron. & a. दोनोंमेंसे कौन-सा, दोनोंमेंसे जो।

whether[2] conj. कि, आया कि (जैसे, *do'nt know ~ he will be here*); या, अथवा, क्या, चाहे (जैसे, *~ we go or not, the result will be bad*)।

whetter n. शाणकर, सानवाला।

whew intr. (विस्मयबोधक) अरे बाप रे !, ओहो, हाय रे, ओ !

whey १. n. दधिमण्ड, तक्र, मस्तु, छाछ, मट्ठा, पनीर-जल, छेनेका पानी, तोड़, पंछा; २.a. छाछ-जैसा, पतला, पानी-जैसा;

~beard, ~-bearded, ~bird, ~-blooded, ~-brained, ~ butter, ~-coloured, ~face, ~-faced, ~ powder, ~worm.

wheyey a. = WHEYISH.

wheyish a. तक्रवत्, मस्तु-सदृश, मट्ठे-जैसा, पनीरजल-जैसा।

which[1] pron. जो, जौनसा, जिसको (व्यक्ति या वस्तुके लिए) (जैसे, *Our Father, ~ art in heaven; things ~ we have got*); (व्यक्ति या वस्तुके लिए) कौन, कौनसा (जैसे, *~ of you am I to thank for*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

this ?; say ~ you would like best) ।

which[2] a. कौन, कौन-सा (जैसे, *~ way shall we go, say ~ chapter you prefer ?*)

whichever, whichsoever pronn. & aa. (इनमें या उनमेंसे) जो भी, जो कोई भी, चाहे जो ।

whiff[1] n. फूत्कार, फूँक, (हवा इत्यादिका) झोंका; (धुएँ, सुगन्धि आदिकी) गमक, दमक; (वाणि०) क्षुद्र चुरट, छोटा सिगार; नौका, नाव, डोंगी ।

whiff[2] v. i. & t. फूत्कार करना, फुफकारना; फूँक मार कर उड़ाना, फुलाना; (साँस इत्यादिका) त्याग करना, परित्याग करना, छोड़ना; धीरेसे फूँकना, हल्का कश लेना ।

whiff[3] n. एक चपटी छोटी मछली, विफ ।

whiff[4] v. i. वंशीसे मछली पकड़ना, कँटियासे मछली फँसाना ।

whiffing n. फूत्करण, फूत्कार, फुफकार; त्यजन, त्याग, परित्याग, छोड़ना ।

whiffle[1] n. मन्द पवन-प्रवाह, वायुकी मन्द गति ।

whiffle[2] v. i. (हवा इत्यादिका) मन्द-मन्द बहना; (जहाज इत्यादिका) दिक्परिवर्तन करते रहना, परिवर्तित दिशाओंमें चलते रहना; झिलमिलाना, हिलते रहना; अदृढ़ होना, अस्थिर होना, विचलित होना, चंचल होना, डाँवाडोल होना, हटना, हिलना; (श्वाससे) मन्द ध्वनि उत्पन्न करना ।

whifflery n. अदृढ़ता, अस्थिरता, मन्दता, विचलन, चंचलता; उड़ा देनेकी क्रिया ।

whiffling ⊙ a. मूर्खतापूर्ण, बेवकूफीवाला ।

whig a. & n. प्रजातन्त्रवादी ब्रिटेनके उदार दलका (सदस्य), ह्विग ।

whiggery n. उदारमतवाद, ह्विग-मत, ह्विग-सिद्धान्त ।

whiggish n. उदार, उदारमतवाद-सम्बन्धी, ह्विग-विषयक, ह्विगका, कुछ-कुछ ह्विग विचारका ।

whiggishness n. उदारमतवाद, ह्विग-सिद्धान्त, ह्विग-विचार; (ह्विग मतकी ओर) प्रवृत्ति या झुकाव; ह्विगका किंचित् लक्षण ।

whiggism n. प्रजातन्त्रवाद, उदारमतवाद, ह्विग-मतवाद, ह्विग-दलका सिद्धान्त ।

while[1] n. काल, समय, क्षण, मुहूर्त्त, वक्त, मुद्दत, अरसा (जैसे, *this long ~ past; happened a long ~ ago*); *in a little ~* अल्प समयमें, तुरन्त, शीघ्र, झटपट, जल्द; *once in a ~* यदा-कदा, कभी-कभी; *the ~* or *whilst* (का०) अत्रैवान्तरे, इस बीच, इस समयमें; *worth ~* or *my* etc. *~* उपयुक्त, उचित, लाभदायक, सुफल ।

while[2] v.t. समय खोना, वक्त गँवाना, बिताना (प्राय; *~ away*) ।

while[3]* conj. यावत्, यदा, जब*, जिस समयमें, जिस बीचमें, जिस अर्सेमें, जब तक*, तबतक*, उसी समयमें (जैसे, *please write ~ I dictate*); यद्यपि, जब कि, इसके विपरीत, हालाँकि, अगरचे; तथा, और (जैसे, *Nero fiddling ~ Rome burns; ~ I admit his good points I can see his bad*); *~ there is life there is hope* जब तक श्वासा तब तक आशा ।

whilere adv. कुछ समय पूर्व, कुछ देर पहले ।

whiles १. adv. यदाकदा, कभी-कभी, गाहे-गाहे; २. conj. जबकि ।

whilom[1] a. पुरातन, प्राचीन, पहलेका (जैसे, *his ~ friend*) ।

whilom[2] adv. पुरा, पुराकाले, पूर्वकालमें, पहले; एकदा, एक बार, एक जमानेमें ।

whilst n. & conj. = WHILE[1·3].

whim n. कामचार, चापल्य, मनोलौल्य, चित्तलहरी; तरंग, लहर, सनक, मौज, खब्त, झक, ख्याल, वहम; (खानसे कच्ची धातु उठानेकी) हस्तचर्खरी, गरारी, ~wham तरंग, लहर, सनक, मौज; खिलौना ।

whimmy a. तरंगी, लहरी, सनकी, मौजी, खब्ती, वहमी ।

whimper[1] n. रीं-रीं, रूँ-रूँ, घें-घें, ध्याँ-ध्याँ, पें-पें, प्याँ-प्याँ, पीं-पीं, में-में, रिरियाहट ।

whimper[2] v. i. & t. रीं-रीं करना, रूँ-रूँ करना, घें-घें करना, ध्याँ-ध्याँ करना, पें-पें करना, प्याँ-प्याँ करना, रिरियाना, पिपियाना; बिसूरकर कहना, मुनमुनाकर कहना ।

whimperer n. पिपियानेवाला, रिरियानेवाला, मुनमुनानेवाला, मुनमुना ।

whimpering n. रीं-रीं, रूँ-रूँ, घें-घें, ध्याँ-ध्याँ, पें-पें, प्याँ-प्याँ, पीं-पीं, में-में, रिरियाहट ।

whimsey n. = WHIMSY.

whimsical a. स्वैरी, स्वैर, कामचारी, स्वच्छन्द, चपल, लोल, तरंगी, लहरी, मौजी, सनकी, झक्की, खब्ती, वहमी; अद्भुत, अनोखा, विचित्र, अजीब ।

whimsicality n. चंचलता, चापल्य, मनोलौल्य, तरंगीपन, लहरीपन, मौजीपन, सनकीपन, वहमीपन; अद्भुतता, अनोखापन, विचित्रता, निरालापन ।

whimsicalness n. = WHIMSICALITY.

whimsy n. (दे० WHIM भी) तरंग, लहर, मौज, खब्त, सनक, झक, वहक, वहम ।

whin[1] n. झटकटैया, एक प्रकारकी काँटेदार झाड़ी ।

whin[2], **whinsill, whinstone** nn. सहिराश्म, तिमिराश्म, (सख्त रेतके पत्थर और बसाल्टकी चट्टानें) ।

whinchat n. क्षुद्र पक्षी-विशेष, विनचट ।

whine[1] n. (कुत्तेकी या कुत्तेकी तरह रोनेकी) कुहकन; झींक, रोना, शिकायत ।

whine[2] v. i. & t. कूँ-कूँ करना, कुत्तेका रोना; कुँहुँकना, कुत्तेकी तरह रोना; कराहना; झींकना, रो-रोकर कहना, शिकायत करना ।

whiner n. झींकनेवाला, रोनेवाला, शिकायत करनेवाला ।

whinger n. छुरा, खंजर, छोटी तलवार, कटार ।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

whinny[1] n. हिनहिनाहट।

whinny[2] v. i. हिनहिनाना।

whinny[3] a. क्रोधी, रोषशील, चिड़चिड़ा; दुःशील, अविनीत।

whiny a. रोनेवाला, कराहता हुआ, कूँकूँ करनेवाला; शिकायती।

whinyard n. कृपाणी, लघु खड्ग, छोटी तलवार; क्षुर, छुरा, चाकू।

whip*[1] n. कशा, कोड़ा, चाबुक*, हण्टर; (~*per-in* भी) कोचवान, गाड़ीवान, हाँकनेवाला, चाबुकदार, (शिकारी कुत्तोंको वशमें रखनेवाला); सचेतक, चेतक, प्रतोद, प्रबन्धक, ह्विप (राजनीतिकदल-परिचालक); ~ and spur शीघ्रातिशीघ्र; ~-crane अँकड़ीदार हल्की चर्खी ~-fish कोड़ा मछली; ~ hand कोड़ेदार हाथ; प्रभुता, प्रभुत्व, प्रभाव, प्रधानता, अधिकार, वश, काबू; ~-lash कोड़ेकी सटक; ~-snake कशा-सर्प, कोड़ा साँप।

whip[2] v.t. & i. झपटना, छीनना; भागकर चला जाना, लपकना, तेजीसे ले भागना (~*ped away to France*); खींच लेना, ले भागना (~*ped out sword, knife*); घुमाना, फिराना; (सुतली इत्यादि) लपेटना; टाँके लगाना; चाबुक मारना, फेंटना; कोड़े लगाना, कोड़ेसे पीटना (~ *horses on*); (ग्रा०) पराभूत करना, पराजित करना, हराना, शिकस्त देना; कूटना, फेंटना, मथना (~ *cream, eggs*); (कोयले इत्यादिको) अँकड़ीदार चर्खीसे उठाना; ~ *creation* संसारको पराभूत करना, दुनियाभरको मात देना; ~ fault *out of* person (हेकड़ी बदमाशी इत्यादि) कोड़े मारकर निकाल देना; ~ *in, off, together* (शिकारी कुत्तों या पार्लामेण्टके सदस्योंको) एकत्र करना, इकट्ठा करना, ले जाना; ~ *into* फुर्तीसे घुसेड़ना; ~ *out* छीनना; ~ *up* झपटना, पकड़ना।

whipped a. कशाहत, वेत्राहत, कोड़े या बेंतसे पीटा गया।

whipper n. कशाघातक, कोड़ा मारनेवाला आदि (क्रियागत अर्थोंमें); ~-in दे० WHIP[1]; ~-snapper अबोध व्यक्ति; तुच्छ व्यक्ति, लघुवयस, छोटा बच्चा।

whippet n. ह्विपेट, दोगला शिकारी कुत्ता; (सैन्य०) युद्धयान, टैंक।

whippiness n. कशागुण; क्षीणकायता, कृशता एवं नम्यता, पतलापन एवं लचीलापन।

whipping n. कशाताड़न, कशाघात, कोड़ेकी मार, कोड़े मारना, कोड़ेबाजी; कोड़ेकी रस्सी या चमड़ा इत्यादि; ~-boy (इति०) राजकुमारके साथ पढ़ने और उसके लिए सजा पानेवाला लड़का; ~-top कोड़ा-लट्टू।

whippoorwill n. (अबाबील जातिका) एक अमरीकी पक्षी।

whippy a. चाबुक-जैसा, कोड़ा-जैसा; कृशांग, क्षीणकाय, कृश एवं नम्य, पतला-लचीला (~ *tree*)।

whipster n. छोटा बच्चा; (जिसे कोड़ा लगानेकी आवश्यकता पड़े ऐसा) तुच्छ व्यक्ति, ओछा पुरुष।

whir(r)[1] n. कोलाहल, रव, हलचल, थर्राहट; भनभनाहट, सन्नाहट, भन्नाहट।

whir(r)[2] v.t. & i. भनभनाना, सनसनाना; भनभनाहटके साथ घूमना, सनसनाहटके साथ घुमाना, फिराना।

whirl[1] n. घूर्णन, आवर्तन, घुमाव, तेज चक्कर (*my thoughts are in a* ~); ~pool आवर्त, जलगुल्म, जलावर्त, घूर्णिजल, भँवर; फिरकी, चर्खी; ~wind घूर्णिवात, वातचक्र, चक्रवात, वात्या, वात्यावर्त, बवण्डर, बगूला, गर्दबाद; ~ sensation घूर्णि-संवेदन; *in a* ~ गड़बड़में, बेचैनीमें; *sow wind and reap* ~*wind* बुरे कामका बुरा परिणाम।

whirl[2] v.t. & i. आवर्तित करना या होना, घूर्णित होना, विघूर्णित होना, आघूर्णित होना, घुमाना, घूमना, चक्कर देना या खाना, चकराना; वक्र गतिसे यात्रा करना, टेढ़े-मेढ़े जाना, फिरना, फिराना; घुमाकर फेंकना या फेंका जाना; कौंध जाना, तेजीसे निकल जाना; (किसी गाड़ीपर) माल लेकर चल देना, तेजीसे सवार होना।

whirled a. आवर्तित, घूर्णित, चक्रित।

whirler n. घूर्णमान व्यक्ति या वस्तु, विघूर्णमान व्यक्ति या वस्तु, आघूर्णक, घूमनेवाला; घूमनेवाला भेज, चक्करदार चौकी।

whirligig n. लट्टू, फिरकी, चकई; (ला०) आवर्तन, घूर्णन, चक्कर, घुमाव; चक्कर-झूला, चर्खी-चूँ, चुहचुहिया; (सतहपर मँडरानेवाले) पानीके भौंरे, (~ *beetle*) घूर्णभृंग; ~ of time काल-चक्र, समय-चक्र, समयका फेर, किस्मतका चक्कर।

whirling १. n. आवर्तन, आवृत्ति, घूर्णन, आघूर्णन, विघूर्णन, घूमना, चक्कर काटना; २. a. भ्रमी, आवर्ती (~ *table*)।

whirr n. & v.t. = WHIR[1·2]

whirring n. भनभनाहट, सनसनाहट, भन्नाहट, सन्नाहट।

whish[1] n. श्रीकृति, श्रीकरण, श्रीकार ध्वनि, सीटी, सीटीकी आवाज, हिश, शित।

whish[2] v. i. & t. श्रीकार करना, सीटी बजाना; हिश करके भगाना, शित करना।

whisht int. दे० WHIST[3].

whisk[1] n. मार्जनी, झाड़ू, बहन्नी, बढ़नी; चामर, चँवर, मुरछल; (अण्डों या मलाई आदिको फेंटकर) फेनिल बनानेका यन्त्र, रई, फेंटनी, बिलौनी; झपट्टा, झकोला, झाल।

whisk[2] v.t. & i. (मक्खी इत्यादि) मुरछलसे हटा देना; झाड़ना, झाड़ू देना, बुहारना, बहारना; (अण्डा, मलाई इत्यादि) फेंटना; मथना; (*away* or *off* के साथ) शीघ्रतासे उठा लेना, तेजीसे हटा लेना, झटकना; लुप्त हो जाना, तेजीसे चला जाना, आँख-ओट होना, नजरसे गायब होना (*mouse* ~*s into its hole*); (छड़ी, पूँछ इत्यादि) घुमाना, फिराना, हिलाना (*went*

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~*ing a cane*); घूमना, फिरना, हिलना, चलना।

whisker n. (प्रायः बहु०) श्मश्रु, गलमुच्छ; गण्ड-लोम, (बिल्ली आदिकी) मूँछें।

whiskered a. श्मश्रुवान्, गलमुच्छवाला, दाढ़ी-मूँछवाला।

whisket n. डलिया, टोकरी।

whiskified a. (हास्य०) ह्विस्कीसे धुत्त, मदमत्त।

whisky[1], **-key** n. धान्यिरा, ह्विस्की (जौ इत्यादिसे तैयार तेज मदिरा)।

whisky[2] n. (एक किस्मकी हल्की गाड़ी) ह्विस्की।

whisper[1] n. उपजाप, फिसफिसाना, फुसफुसाहट, काना-फूसी, फुसुर-फुसुर, फुसफुस (*always talks in a* ~); अफवाह; सरसराहट, हरहराहट, खड़खड़ाहट, हल्की ध्वनि।

whisper[2] v. i. उपजाप करना, फिसफिसाना, फुसफुसाना, काना-फूसी करना, कानमें कहना, चुपकेसे कहना; चुगली करना, बदगोई करना; षड्यन्त्र रचना; गुप्त रूपसे प्रसिद्ध करना, खुफिया तौरपर बात फैलाना (*it is ~ed that*); बताना, कहना; (पत्तियों, झरने इत्यादिका) खरखराना, सरसराना, हरहराना।

whisperer n. कर्णेजप, उपजापक, कानाफूसी करनेवाला; निन्दक, चवाई, चुगलखोर, चुगली करनेवाला, खुसुरपुसुर करनेवाला, बदगो।

whispering १. n. उपजाप उपजपन, काना-फूसी; चवाव, चुगली, बदगोई; २. a. उपजापी, फुसफुसानेवाला; चुगलखोर; ~-gallery उपजापी भवन, दूरश्रावी वीथिका, दूरश्रावी दीर्घा।

whist[1] n. ह्विस्ट, ताशका एक खेल।

whist[2] a. (प्रा०) स्थिर, स्तब्ध, निःस्तब्ध, नीरव, शान्त, मौन, चुप, खामोश।

whist[3], **whisht** intt. चुप !, खामोश ! हुश !

whistle[1]* n. श्रीकार, सीटीकी आवाज, सिसकारी, सनसनाहट; (सीटीपर बजाया जानेवाला) गीत, सुर; सीटी*; गला, हलक; heavy ~ छः छेदवाली टीनकी बाँसुरी; *wet* one's ~ पीना, मदिरापान करना।

whistle[2] v.t. & i. सीटी देना, सीटी बजाना (*boy, steam-engine, driver, ~s*); (पक्षियों इत्यादिका) कलरव करना, चहचहाना, टी-वी-टुट्-टुट् करना; (बन्दूककी गोली या हथियारोंका) सनसनाना, सनसन करना; सीटी देकर बुलाना; (सीटीपर) गीत गाना, राग बजाना; *go ~ing* उपेक्षा करना, मनमानी करना; ~ *down the wind* छोड़ देना, जाने देना।

whistler n. सीटी बजानेवाला; सनसनानेवाला; (विशे०) गिलहरीकी एक जाति; पक्षियोंकी एक जाति।

whistling n. पक्षियों एवं पशुओंके नामोंमें प्रयुक्त, सीटीवाला (जैसे, ~ *eagle, marmot*)।

whit[1] n. अणु, कण, लेश, लव, टुकड़ा, जर्रा; *not* or *never a* ~ बिलकुल नहीं।

Whit[2], **Whitsun** aa. धवल, उज्ज्वल, सफेद; ~ Monday, Tuesday धवल सोमवार, धवल मंगलवार, ईस्टरके एक सप्ताह बादका सोमवार या मंगलवार; ~ Sunday धवल रविवार, ईस्टरोत्तर इतवार, (ईस्टरके बादका) सातवाँ रविवार; ~suntide धवल रविवारसे आरम्भ होनेवाला समय; ~sun week धवल रविवार-सप्ताह, ईस्टरके बादका हफ्ता।

white[1] n. आश्वेत वर्ण, शुक्लवर्ण, श्वेत रंग, किंचित् सफेद रंग; श्वेत परिधान, सफेद वस्त्र (*dressed in* ~); सफेदी (~ *of egg*); कोया, डेला, आँखकी सफेदी; तितलीकी सफेद जाति; (pl.) श्वेत प्रदर, सफेदा।

white[2] v.t. (प्रा०) शुभ्र करना, धवल करना, निर्मल करना, उज्ज्वल करना, श्वेत करना, उजला करना, सफेद करना; सफेदी करना।

white[3]* a. शुभ्र, शुक्ल, गौर, धवल, निर्मल, अमल, उज्ज्वल, श्वेत*, तुहिनवर्ण, तुषाराभ, सित, गोरा, उजला, सफेद*; पाण्डु, पाण्डुर वर्णका, काफूरी, हलका पीला; (जल, वायु, प्रकाश आदि) वर्णहीन, रंगहीन, बेरंग; पारदर्श, पारदर्शी; (ला०) निर्दोष, निष्कलंक, प्रक्षालितपाप, अवदात, विमल, शुद्ध, पवित्र, सुथरा, साफ, कोरा; अज्ञ, अनजान, भोला; निर्लिप्त; गोरा, गोरोंसे सम्बन्धित (जैसे, ~ *culture, civilization*); प्रतिक्रान्तिवादी, प्रतिक्रियावादी, क्रान्ति विरोधी, राजपक्ष-पोषी; ~ alloy नकली चाँदी; ~ ant दीमक; ~ bear (ध्रुवदेशीय) श्वेत रीछ; ~ coffee दूधवाली कॉफी; ~-collar ⊙ बाबूलोग; ~ flag श्वेत ध्वज, सन्धि-पताका, युद्ध-विराम-सूचक चिह्न; ~ gloves (दौरेके न्यायाधीशको उपहार-स्वरूप प्रदत्त) सफेद दस्ताने; ~ hands (शा०) श्वेत हस्त, गोरे चिट्टे हाथ; (ला०) अकलुषता, निर्दोषता, पवित्रता, उजलापन; निर्लिप्तता, शुद्धता; ~-handed निर्दोष, निष्कलंक, निष्कलुष, पवित्र, निर्लिप्त, शुद्ध, उजला; ~ heart-cherry पीली चेरी; ~ heat श्वेत ताप, अति उष्णता, चरम उष्णता; (ला०) सम्भ्रम, संवेग इत्यादि; ~ horses उज्ज्वल शिखरयुक्त सागरकी तरंगें; W~ House श्वेत भवन, (अमरीकाके राष्ट्रपतिका निवास-भवन) ह्वाइट हाउस; ~ light श्वेत प्रकाश, रंगहीन प्रकाश; ~-lipped (भयके कारण) पीताधर, सफेद होठोंवाला; ~-livered ईर्ष्यालु; भीरु, कायर, बुजदिल; क्षीण, कृश, दुर्बल, निर्बल; ~ man श्वेतांग, गोरा, यूरोपीय; (बोल०) सद्वंशोत्पन्न, श्रेष्ठ चरित्रवाला, भला आदमी, शरीफ आदमी; ~ meat (मुर्गी, खरगोश आदिका) श्वेत मांस, सफेद गोश्त; खीर, फिरनी; ~ mixture श्वेत सत्त्व; ~ paper (सरकार द्वारा प्रेषित सूचनार्थ) श्वेतपत्र; ~ sheet पश्चात्तापी वस्त्र; अनुतापक वेश; ~-slave गौरदासी (वेश्या-वृत्तिके लिए फँसायी जानेवाली लड़की); ~ slavery, ~-slave trade गौरदासी-व्यवसाय (वेश्या बनानेके लिए लड़कियाँ फँसानेका व्यवसाय); ~smith कलईगर, टीनका काम करनेवाला, कलई करनेवाला; ~ squall सफेद (लहरोंके आनेसे सूचित उष्णकटिबन्धीय देशोंके सागरोंका) झंझावात, तूफान; ~ war आर्थिक

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

युद्ध, रक्तहीन युद्ध; ~wash सुधालेप या चूनेकी पुताई (करना), सफेदी (करना), कलई करन ;(ला०) लीपापोती (करना); ~wine स्वर्णमदिरा, श्वेत सुरा, सुनहरे रंगकी मदिरा; ~ witch (केवल लाभकारी उद्देश्योंमें शक्ति व्यय करनेवाली) प्रेतात्मा, चुड़ैल; *stand in a ~ sheet* स्वीकारोक्ति करना, अनुताप करना, पश्चात्ताप करना, तौबा करना; *the ~man's burden* श्वेत मानवोचित उत्तरदायित्व; विश्वनेतृत्व; चारित्र्य;

~ acre, ~ ale, ~andalusian, ~ arsenic, ~ ash, ~ bacillus, ~-back, ~-backed, ~bait, ~bark, ~ basswood, ~-beaked, ~beam, ~beard, ~-bellied, ~ bill, ~ birch, ~bird, ~blaze, ~ blister, ~ blood, ~ body, ~ bole, ~ bonnet, ~-bordered hat, ~ brass, ~-breasted, ~-browed, ~ camphor oil, ~-capped, ~ cedar, ~ chamber, ~-cheeked, ~ clay, ~ clover, ~coat, ~-collared, ~ corpuscle, ~-cotton tree, ~-crested, ~-crowned, ~ deal, ~ dittany, ~-ear, ~-eared, ~ elephant, ~ emetic nut, ~ ensign, ~eye, ~-eyed, ~face, ~-faced, ~ fluff, ~foot, ~-footed, ~ frangipani, ~-fronted, ~ garden jasmine, ~ garden poppy, ~ glasswort, ~ goosefoot, ~ gourd, ~ gourd melon, ~ gram, ~ grouse, ~ grub, ~ gum, ~ hair, ~-haired, ~head, ~-headed, ~ hellebore, ~ hoarhound, ~-hot, ~-flowered, ~ ibis, ~ iron, ~ jasmine, ~ lead, ~ lead ore, ~-legged, ~ lily, ~ magic, ~ mahogany, ~ mallow, ~ mangrove, ~mark, ~ matter, ~ melilot, ~ metal, ~-minded, ~ mulberry, ~ mustard, ~-necked, ~ oil, ~ owl, ~ pelican, ~ pine, ~ poplar, ~ poppy, ~ pot, ~ potato, ~ printing quarto, ~ rent, ~ rhinoceros, ~ rice, ~root, ~ rot, ~-rumped spinetail, ~rust, ~ sandalwood, ~ seat, ~-shafted, ~-silk-cotton tree, ~ spaces, ~-spotted, ~ stork, ~-tailed, ~ teak, ~ tea tree, ~ tern, ~thorn, ~throat, ~-throated, ~tip, ~ tissue paper, ~ tree, ~ tropic-bird, ~ vetch, ~ vitriol, ~ wagtail, ~ waterlily, ~ whale, ~ willow, ~-winged, ~wood, ~wort, ~zinc.

Whitechapel[1] n. दो पहियोंकी हल्की गाड़ी।

Whitechapel[2] v.t. (ताशके ह्विस्ट नामक खेलमें) एक ही रंगके पत्ते चलना।

Whitehall n. (लण्डनमें) सरकारी दफ्तर।

whiten v.t. & i. सफेद कर देना, गोरा करना, सफेद पड़ना, सफेद हो जाना; उज्ज्वल करना, निर्दोष बनाना।

whitener n. आश्वेतक व्यक्ति, श्वेतरंजक व्यक्ति, सफेदी करनेवाला आदमी।

whiteness n. श्वेतता, शुक्लता, शुक्लिमा, शुभ्रता, धवलता, धौलापन, सफेदी; शुद्धता, पवित्रता, सुथरापन, सफाई।

whitening n. = WHITING[1].

whither[1] n. लक्ष्य, गन्तव्य (जैसे, *our whence & our ~*)।

whither[2] adv. (विशे० प्रा०) कहाँ, कहाँ तक, किधर, किस ओर, किस तरफ; जहाँ, जिधर, जिस ओर, जिस तरफ (*I see ~ your question tends*)।

whithersoever adv. यत्र कुत्रापि, जहाँ कहीं भी।

whiting[1] n. सुधा, (सफेदी करनेमें प्रयुक्त) चूना, खड़ियामिट्टी; सफेदी।

whiting[2] n. सामुद्रिक मत्स्य-विशेष, ह्वाइटिंग।

whitish a. आश्वेत, आपाण्डु, ईषत् श्वेत, किंचित् श्वेत, श्वेताभ, सफेद-सा, धौला-सा, कुछ-कुछ सफेद (*~ brown, grey*)।

whitleather n. श्वेतचर्म, सफेद चमड़ा।

whitlow n. अर्बुद, जलका, गलका, रसौली; नखव्रण।

whitster n. मसालेसे धोनेवाला धोबी।

Whitsun दे० WHIT[2].

whittle[1] n. क्षुरिका, छुरी, लम्बा छुरा, जेबी चाकू।

whittle[2] v.t. & i. (चाकू या छुरीसे) कर्तन करना, काटना, छाँटना, तराशना, छीलना; काटकर सुडौल बनाना; (*at* के साथ) घटाते-घटाते बहुत कम कर देना।

Whitworth thread n. धातुका बना हुआ स्क्रूका धागा।

whity a. श्वेताभ, धवलाभ, सफेद-सा, कुछ-कुछ सफेद (*~-brown*)।

whiz(z)[1] nn. सनसनाहट, भनभनाहट, साँय-साँय, सन्नाटेकी आवाज; ~-bang (सैन्य०, ग्रा०) धाँय, जर्मन बन्दूकसे छूटी हुई गोली।

whiz(z)[2] v. i. सनसनाना, भनभनाना, साँय-साँय करना, पिनपिनाना, सरसराना; धाँय करके छूटना।

who* pron. (प्रश्न वाचक) कौन*, किसने, किस तरहका, किस हैसियतका (जैसे, *~ said so ?*); (सम्बन्ध वाचक या व्यक्तिवाचक) जो, जिसने (जैसे, *there was no one ~ could tell this*); जो कि, जिसने कि; और वह, और उसने; यद्यपि वह, यद्यपि उसने; जब कि वह, जब कि उसने; यदि वह, यदि उसने इत्यादि; *he ~ hath God hath all* जिधर रब उधर सब; *~ runs gets* खोजै सो पावै; *~ seek they find* जिन खोजा तिन पाइयाँ।

whoa दे० WO.

whodunnit n. (ग्रा०) जासूसी कहानी।

whoever, whoso, whosoever, whoe'er, whosoe'er pronn. जो कोई, जो भी, जिस किसीका (जैसे, *~ comes will be welcome*)।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

whole[1] n. समग्र वस्तु, सम्पूर्ण वस्तु; (सम्पूर्ण) परिमाण, मात्रा; सम्पूर्ण प्रणाली, सम्पूर्ण व्यवस्था; साकल्य, समग्रता, समष्टि, आंगिक एकता; कुल योग।

whole[2] a. सम्पूर्ण, समस्त, समग्र, सकल, पूर्ण, पूरा, सारा, समूचा, सब, तमाम, कुल अनुकलश्र; अखिल, निखिल, अशेष, अविभाज्य; अविकल, अक्षत, अखण्ड, अविकृत, समूचा, पूराका पूरा; सद्विग्रह, स्वस्थ, तन्दुरुस्त (*they that be ~ need not a physician*); ~-blood सगा; ~-hearted ऐकान्तिक, आन्तरिक, हार्दिक, दिली, पूरा-पूरा; ~-heartedness ऐकान्तिकता, आन्तरिकता, हार्दिकता, पूरी कोशिश, लगन, पूरा जोश; ~-hogger अतिवादी, सम्पूर्णतावादी; ~-length (प्रायः चित्र) पूर्णाकार, आपादमस्तक, आदमकद; ~ note ⊙ अर्द्ध लघु स्वर; ~ numbers पूर्णांक, कुल योग; ~sale बहुशो विक्रय, थोक बिक्री, थोकः राशिगत, थोक, एकदम; बड़ा भारी (*a ~sale slaughter*); adv. थोकके हिसाबसे, बड़े पैमानेपर; एकदम; ~saler बहुशो विक्रेता, थोक विक्रेता, थोकफरोश; ~-time समग्र-कालीन, पूर्णकालिक; *do a thing with* one's ~ *heart* जीजानसे कोई कार्य करना; *on* or *upon the* ~ कुल मिलाकर; ~-backed, ~ bamboo, ~ bending, ~-bodied, ~ cereals, ~ circle method, ~-coloured, ~-cultivated, ~-eared, ~ fibre, ~ gale, ~ grains, ~-headed, ~-hoofed, ~ instalment, ~ life policy, ~-meal, ~ milk, ~-mouthed, ~ number, ~ pressure, ~ rice, ~-soled, ~-souled, ~-spined, ~ surface, ~-wheat, ~ year.

wholeness n. समग्रता, सम्पूर्णता, समस्तता, समूचापन; सकलता, पूर्णता, पूरापन; अविभाज्यता; अविकलता, अक्षतता, अखण्डता, अविकृतता।

wholesome a. पथ्यकर, पथ्य, पौष्टिक, स्वास्थ्यकर, स्वास्थ्यप्रद, स्वस्थ, आरोग्यावह; उपकारी, हितावह (*~ advice, exercise*)।

wholesomeness n. पथ्यकरता, पौष्टिकता, स्वास्थ्यकरता, स्वास्थ्यप्रदता; उपकारिता, उपकार, हित।

wholly adv. पूर्णतः, सम्पूर्णतः, पूर्णतया, सर्वशः, सर्वतोभावेन, सर्वथा, पूर्णरूपेण, सरासर, बिल्कुल (*a ~ bad example*)।

whom WHO से कर्म०, किसे, किसको; जिसे, जिसको (*the man ~ you saw*)।

whomsoever pron. जिस किसीको।

whoop HOOP[2] का भिन्न रूप।

whoopee[1] n. ⊙ विनोद, आनन्द (*make ~*)।

whoopee[2] ⊙ int. हो-हो, अहा-हा (प्रसन्नता-द्योतक ध्वनि)।

whooper n. हो-हो करनेवाला, आहा-हा करनेवाला।

whooping n. ~ cough कुक्कुर कास, कुक्कुर खाँसी, काली खाँसी।

whop v.t. (ग्रा०) मारना, पीटना, ठोंकना; (ला०) पराजित करना, नीचा दिखाना, हराना, मात करना, पछाड़ देना; थप्पड़ जड़ना ⊙; मुँह लाल कर देना ⊙।

whopper n. फड़फड़ानेवाला; महा झूठ, सफेद झूठ।

whopping १. n. मार, पीट, ठोंक, मरम्मत; पराजय, हार, मात; २. a. बहुत बड़ा (*a ~ lie*)।

whore[1] n. वारप्रिया, वार-स्त्री, वार-पत्नी, वारांगना, गणिका, वेश्या, कस्बी, छिनाल, रण्डी, बाजारू औरत; व्यभिचारी, विट, अवैध सम्भोगकर्त्ता, भोगी, लम्पट, लुच्चा; वेश्यागामी।

whore[2] v. i. (पुरुष-सम्बन्धी) व्यभिचार करना, अवैध सम्भोग करना, लुच्चेबाजी करना; वेश्यावृत्ति करना; दुष्टता करना, अनीति करना, अन्यायाचरण करना, बदमाशी करना; मूर्तिपूजा करना, पत्थर पूजना।

whoredom n. वेश्यावृत्ति, छिनाला; वारस्त्रीगमन, वेश्यागमन, रण्डीबाजी, पतुरियासे फँसना; (शास्त्र०) मूर्तिपूजा।

whoremaster n. भाँड़, भँड़ुवा, रण्डीका दलाल।

whoremonger n. = WHOREMASTER.

whoremongering n. भँड़प्पन, भँड़ुवागीरी, रण्डीकी दलाली।

whoring n. भँड़प्पन, भँड़ुवागीरी, रण्डीकी दलाली; मूर्तिपूजा (*go a-~ after strange gods*)।

whorish a. अपूत, अपावन, अपवित्र; कामी, कामुक, भोगी, विलासी, वेश्यागामी, रण्डीबाज।

whorishness n. अपूतता, अपावनता, अपवित्रता; भोग, कामुकता, भोगिता, विलासिता, वेश्यागामिता।

whorl n. (डण्ठलके चारों ओर) पत्तोंका घुमावदार गुच्छा; आवर्त, भ्रमि, घुमाव।

whorled a. आवर्तवत्, आवर्तरूप, भ्रमिरूप, भ्रमियुक्त, घुमावदार; गुच्छेदार, लच्छेदार (*~ leaf*)।

whortleberry n. = BILBERRY.

whose pron. किसका (*~ house is that ?*); जिसका (*here is the man ~ book is missing*)।

whose-ever, whosesoever दे० WHOEVER.

whoso, whosoever दे० WHOEVER.

whur n. & v. i. = WHIR[1,2].

why[1] n. क्यों, हेतु, कारण, वजह; व्याख्या, कैफियत, हाल-हवाल।

why[2]* adv. क्यों*, किसलिए, किस उद्देश्यसे, किस प्रयोजनसे, किस आधारपर, किस कारणसे, काहेको (*~ did you do it ?*); जिसके कारण, जिस उद्देश्यसे, जिस लिए, जिस आधारपर, जिस बिनापर (जैसे, *the reasons ~ he did it are obscure*)।

why[3] int. (विस्मयादिबोधक) क्यों ! (जैसे, *~, it is surely Jones !*)।

wick[1] n. वर्तिका, वर्ति, बत्ती, पलीता, फलीता।

wick[2] n. ग्रामक, छोटा-सा गाँव, पुरवा, बस्ती।

wicked a. दुष्ट, खल, पापी, पापिष्ठ, शठ, दुर्वृत्त, दुराचारी, गर्हित, दुरात्मा, दुश्चरित्र, अनैतिक, खोटा,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

बुरा, खराब; निर्दय, दयाहीन, अन्यायी, आततायी, जालिम, बदमाश, शरारती, पाजी।

wickedness n. दुष्टता, खलता, दौर्जन्य; दौरात्म्य, दुर्वृत्ति, अधर्म, पापिष्ठता, गर्हितता, दुश्चरित्रता, दुराचार, अनैतिकता, बुराई; निर्दयता, अन्यायीपन, आततायीपन; बदमाशी, शरारत, पाजीपन।

wicker n. विदल, नम्य शाख, नमनीय शाखा, खपची, टहनी, डाली, साँटी, झुकनेवाले नरम बैत; ~-work लचीली डालीकी बनी हुई टट्टरी या टोकरी।

wickered a. लचीली डालीकी बनी हुई।

wicket n. छोटा-सा दरवाजा, खिड़की, नीम दरवाजा; (क्रिकेट) विकेट; क्रीड़ास्थली, स्थल, पिच (*play on a perfect ~*); *five ~s down* पाँच उड़ गये; *keep ~, be ~-keeper* (क्रिकेट) विकेटपर खड़े होना।

wicking n. वर्त्युपकरण, वर्तिकोपकरण, बत्तीका सामान, फलीता बनानेकी सामग्री।

wide[1] n. (क्रिकेट) वाइड बॉल।

wide[2]* a. विस्तीर्ण, विस्तृत, व्यापक, प्रशस्त, असंकीर्ण, विशाल, खुला, चौड़ा* (*~ door, margin, road*); व्यापी, दूर तक फैला हुआ (*~ demand, distribution*); आध्यात्मिक; महान्, बहुत बड़ा; शिथिल, ढीला; मुक्त, स्वतन्त्र, स्वच्छन्द, छुटा हुआ, आजाद; सामान्य, साधारण; पूरा खुला हुआ (जैसे, *staring with ~ eyes*); (क्रिकेटमें विकेट) दूर, निश्चित दूरीपर, दूर हटा हुआ; ~ awake सतर्क, सचेत, सावधान, सजग, जागरूक, चौकस, आगाह, होशियार; ~-awake n. टोप, फेल्ट हैट; ~ ball (क्रिके०) वाइड बॉल; ~ culture सामान्य संस्कृति, जनसंस्कृति; ~ fame विख्याति, व्यापक ख्याति, व्यापक प्रसिद्धि, बहुत बड़ा नाम; ~ margin बहुत गुंजायश; ~spread सुविस्तृत, विशाल, प्रशस्त, दूर-दूर तक फैला हुआ (*~ spread calamities*); *give ~ berth to* दूर रहना, बचे रहना; *hazard a ~ guess* खुला अनुमान करना, गुंजाइश छोड़कर बात कहना; *the ~, the ~ world* विशाल जगत्, विस्तृत संसार, लम्बी-चौड़ी दुनिया।

wide[3] adv. खुले; परे (*the arrow fell ~ of the mark*); पूर्णतया, पूरे तौरपर (*window is ~ open*)।

widen v.t. & i. विस्तृत करना, विस्तीर्ण करना, विशाल बनाना, असंकीर्ण करना, प्रशस्त करना, फैलाना, फैलना, चौड़ा करना, चौड़ा होना, खुला करना।

widened a. विस्तारित, असंकीर्णकृत, प्रशस्तकृत, विशाल किया हुआ, फैलाया हुआ, चौड़ा किया हुआ।

wideness n. विस्तीर्णता, विस्तृतता, व्यापकता, प्रशस्तता, असंकीर्णता, चौड़ाई, फैलाव; आध्यात्मिकता; महत्ता, बड़प्पन; शिथिलता, ढीलापन; मुक्ति, स्वतन्त्रता, स्वच्छन्दता, आजादी; सामान्यता, साधारणता; चौकसी; जागरूकता, होशियारी।

widening n. विस्तारण, असंकीर्णन, प्रशस्तीकरण, स्फारण, विशालीकरण, फैलाना, फैलना, चौड़ा होना।

widgeon n. विजन (एक प्रकारकी जंगली बतख); मूर्ख, बुद्धू।

widish a. ईषद्विस्तीर्ण, किंचिद्विस्तृत, कुछ व्यापक, फैला-सा, चौड़ा-सा।

widow[1] n. मृतभर्तृका, विधवा, बेवा, राँड़; child ~ बालविधवा; ~'s cruse देखनेमें कम किन्तु कभी न समाप्त होनेवाली राशि; ~'s mite (विधवा द्वारा प्रदत्त) यथाशक्य दान, थोड़ा कण-भर दान।

widow[2] v.t. विधवा कर देना, बेवा कर देना, राँड़ बना देना; विधुर कर देना, रँड़ुआ कर देना।

widowed a. विधुरित, विधुर (*the ~ father*); विधवा, अनाथ (*the ~ mother*)।

widower n. विधुर, रँड़ुआ।

widowhood n. वैधव्य, विधवापन, रँड़ापा।

width n. विस्तार, चौड़ाई, पाट, अर्ज; (दृष्टिकोणों इत्यादिकी) उदारता, उच्चता, विशालता, व्यापकता; निश्चित चौड़ाईके किसी पदार्थका टुकड़ा, पाट (*shall want 3 ~s of it*)।

wield v.t. शासन करना, वशमें रखना, अधिकारमें रखना, कब्जेमें रखना, काबूमें रखना; व्यवस्थित करना; उपभोग करना, लाभ प्राप्त करना, काममें लाना, बरतना; उठाना, घुमाना, फिराना, चलाना, हिलाना; *~ the sceptre* शासन करना; *~ weapons* (शा० एवं ला०) अस्त्र उठाना, शस्त्रधारण करना, हथियार उठाना।

wieldable a. शास्य, शासनीय, वश्य, अधिकार्य, अधिकारमें करने योग्य, काबूमें करने योग्य; उठाने या चलाने लायक।

wielder n. शासक, अधिकर्ता, कब्जेवाला, काबू करनेवाला; चलाने या उठानेवाला।

wieldless a. अव्यवस्थाप्य, अव्यवस्थापनीय, अ-वश्य, न सँभालने योग्य, बेकाबू।

wieldy a. शास्य, शासनीय, वश्य, अधिकार्य, व्यवस्थाप्य, व्यवस्थापनीय, सुप्रयोज्य, इन्तजामके लायक, काबूमें आने लायक।

wife n. (pl. *wives*) दारा, भार्या, स्त्री, सहधर्मिणी, गृहस्वामिनी, पत्नी, जोरू, औरत, घरवाली, मेहरारू, लुगाई, बीबी; (अब अप्र०) वृद्धा, बुढ़िया; old wives' tale अन्धविश्वासपूर्ण रीति, मूर्खतापूर्ण परम्परा।

wifehood n. भार्यात्व, स्त्रीत्व, पत्नीत्व, जोरूपन।

wifeless a. पत्नीविहीन, बिना औरतका।

wifelike, wifely aa. भार्योचित, पत्न्युचित, बीबीके लायक, औरतका-सा।

wifie n. दयिता, प्रियतमा, प्राणप्रिया, प्यारी; छोटी-सी पत्नी।

wig[1] n. उपकेश, (कृत्रिम बालोंका टोप) विग; *there will be ~s on the green* खुल्लमखुल्ला लड़ाई होगी।

wig[2] v.t. (बोल०) भर्त्सना करना, निर्भर्त्सना करना, डाँटना-डपटना, बुरा-भला कहना।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

wigan n. (किरमिचकी तरहका एक कड़ा पदार्थ)विगन ।
wigged n. विग-सज्जित, बाल पहने हुए ।
wiggery n. कृत्रिम केश-कलाप, विग ।
wigging n. (बोल०) भर्त्सना, निर्भर्त्सना, डाँट-डपट, लानत-मलामत ।
wiggle v.t. (बोल० या बोली) इतस्ततश्चालित करना, दोलित करना, इधर-उधर हिलाना, घुमाना; (नावको) एक चप्पूसे चलाना ।
wight[1] n. (प्रा० या हास्य०) माणवक, जन्तु, प्राणी, जीव, व्यक्ति, आदमी, मर्द (*luckless, wretched,* ~) ।
wight[2] a. सुदृढ़, सुपुष्ट, हृष्टपुष्ट, तगड़ा ।
wigwag ⊙ v.t. झण्डेसे संकेत करना ।
wigwagger n. संकेतक सैनिक, निर्देशक सैनिक, सिग्नल देनेवाला सिपाही ।
wigwam n. (अमरीकी) रेड इण्डियन-कुटीर (पश्चिमी द्वीप समूहके) आदिवासियोंका झोपड़ा या खेमा ।
wild[1] n. वन, जगल, उजाड़; मरुभूमि, मरुप्रदेश, मरुस्थल, मरुथल, रेगिस्तान; ऊसर प्रदेश, बंजर इलाका ।
wild[2] a. अपालित, अपोषित, वन्य, वनजात, जंगली, वनैला, वहशी; निर्जन, सुनसान, वीरान; (घोड़े, खच्चर आदि) सतर्क, भड़कीला, बिगड़ैल; (भूमि इत्यादि) अकृष्ट, अकर्षित, परती, बिना जोती हुई; अवश्य, अनियन्त्रित, अशासनीय, असभ्य, दुर्दान्त, उद्दाम, उच्छृंखल, हठी, दुराग्रही, जिद्दी, सरकश, बेलगाम (~ *fellow, youth*); उत्कट, तीव्र, उग्र, प्रचण्ड, प्रबल, तेज, तूफानी; भयानक, भयंकर; प्रखर; अनोखा, निराला; उत्सुक, उत्कण्ठित, उत्तेजित, व्यग्र, उन्मत्त, अतिव्याकुल, उतावला; पागल, दीवाना, सिरफिरा; श्रमशील, परिश्रमी, मेहनती; कामी, कामुक, लम्पट, दुराचारी, व्यभिचारी; चरित्रहीन; अन्धाधुन्ध, ताबड़-तोड़, उत्तेजनावश किया हुआ, बे सोचा-समझा; अविचारित, अचिन्तित (~ *guess, shot*); the ~ men अतिवादी व्यक्ति, इन्तिहापसन्द मेम्बर; ~ basil जंगली तुलसी; ~ cat वनबिलाव, जंगली बिल्ली; ~ fire दाव, दावानल, दावाग्नि, वनानल, वनाग्नि; ~-goose वनहंस, जंगली हंस; मूर्ख व्यक्ति; ~-goose chase जंगली हंसका शिकार; (ला०) असम्भव कार्यकी चेष्टा; ~ man क्रूर व्यक्ति, असभ्य आदमी, जंगली आदमी, वहशी आदमी; ~ scenery भयंकर दृश्य; ~ work अवैधानिक कार्य, जंगली काम, अन्धाधुन्ध काम; *drive* ~ आपेके बाहर कर देना, पागल कर देना; *run* ~ (पौधोंका) स्वतः उगना; (मनुष्यका) मुक्त हो जाना, स्वतन्त्र हो जाना, स्वच्छन्द हो जाना, बेलगाम हो जाना;

~ animal, ~-armed, ~ arrowroot, ~ asparagus, ~ ass, ~ beast, ~ bird, ~ boar, ~ brier, ~-born, ~ buffalo, ~ cabbage, ~ cherry, ~ cinnamon, ~ date-palm, ~ dog, ~ duck, ~ endive, ~ fowl, ~ game, ~ geranium, ~ ginger, ~ goat, ~ guava, ~ hog, ~ horse, ~ indigo, ~ jack, ~ jasmine, ~ jujube, ~ laburnum, ~ lime, ~ liquorice, ~ madder, ~ ~ mango, ~ marjoram, ~ monkey, ~ mountain region, ~ mustard, ~ oat, ~ olive, ~ pansy, ~ pear, ~ pepper, ~ pig, ~ pink, ~ plant, ~ plum, ~ rattan, ~ rice, ~ rose, ~ rue, ~ rye, ~ saffron, ~ sage, ~ service tree, ~ spinach, ~-spirited, ~ stock, ~ strawberry, ~ succory, ~ sugarcane, ~ sunflower, ~ swine, ~ swordbean, ~ thyme, ~ tobacco, ~ transplants, ~ turnip, ~ vine, ~ violet, ~wood, ~ yam.

wildebeest n. (v~ भी) = GNU.
wilder v.t. (का०) उद्भ्रान्त करना, विभ्रान्त करना, व्यग्र करना, उद्विग्न करना, उद्वेजित करना, घबरा देना, हड़बड़ीमें डालना, परेशान कर देना ।
wilderness n. वन्य प्रदेश, वन, मरुभूमि, विजन, जंगल, उजाड़, वीराना; निर्जनता; अनियत संख्या, अपरिमित परिमाण, ढेर; *voice in the* ~ अरण्य-रोदन (करना), भैंसके आगे बीन बाजे भैंस बैठ पगुराय; *wandering* etc. *in the* ~ (किसी राजनीतिक दलसे) अधिकारच्युत होकर घूमना ।
wilding n. (विशे०) जँगली सेव, जंगली पौधा, स्वयं उगनेवाला पौधा ।
wildish a. ईषत्पालित, ईषत्पोषित, किंचिद्वन्य, जंगली-सा, वहशी-सा; ईषत्सतर्क, भड़कीला-सा, बिगड़ैल-सा, ईषदवश्य, किंचिदनियन्त्रित, कुछ दुराग्रही, हठी-सा; ईषदुत्कट, ईषत्प्रचण्ड, कुछ प्रबल ।
wildness n. वन्यता, असभ्यता, अशिष्टता, गँवारपन; जंगलीपन, उजाड़, वीरानापन; रौद्रता, प्रचण्डता, हठ-वादिता; व्यग्रता, विभ्रान्ति, उत्तेजनापूर्णता, बेताबी, परेशानी ।
wile[1] n. वंचन, प्रतारण, कपट, छल, चाल, चालाकी, धूर्तता, छद्म, धोखा, फरेब; लोभ, प्रलोभन, लालच ।
wile[2] v.t. (प्रायः *into, away* के साथ) फाँसना, फुसलाना, बहकाना, झाँसा देना, धोखा देना ।
wileness n. प्रतारणा, छल, चालबाजी, मक्कारी ।
wilful a. स्वैरी, स्वेच्छयाकृत, यथेच्छ, स्वेच्छाकृत, स्वेच्छाचारी, इच्छाकृत, मनमाना (~ *breach, obstruction*); दुराग्रही, हठी, जिद्दी, सरकश ।
wilfully adv. स्वेच्छापूर्वक, जानबूझकर (~ *donee*)।
wilfulness n. स्वेच्छा, स्वेच्छाचारिता, कामचार, स्वैरिता, मनमानी; दुराग्रहवादिता, हठवादिता, हठ, जिद्द, जिद्दीपन ।
wiliness n. प्रतारकता, कैतव, कपट, छल, शठता, धूर्तता, मक्कारी, चालबाजी, काइयाँपन ।
will[1]* n. प्रवृत्ति, संकल्प, संकल्प-शक्ति, इच्छाशक्ति, आत्मसंयम, आत्मनिग्रह (*has a strong, weak,* ~); वांछा, कामना, इच्छा*, आकांक्षा, लालसा, अभिलाषा,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

मनोरथ, चाह, मंशा (*my poverty but not my ~ consents*); अभिप्राय, भावना; अभिभूत करनेकी शक्ति; निदेश, आदेश, आज्ञा, हुक्म; (कानून) इच्छापत्र, वसीयत, वसीयतनामा; विचारशीलता, स्वेच्छाचारी विवेक; (दूसरोंके प्रति) सद्दिच्छा, सद्भाव; free ~ मुक्त संकल्प, स्वतन्त्र इच्छाशक्ति; good-~ सद्भावना; विश्रुति, सुख्याति, प्रसिद्धि; ill-~ दुर्भावना, असद्भावना; अविश्रुति, कुख्याति, बदनीयती, बदनामी; *at ~* स्वेच्छया, इच्छापूर्वक, अपनी इच्छासे, मर्जीपर; *God's ~ be done* ईश्वरेच्छा बलीयसी; *have* one's ~ इच्छा पूरी करना, मनकी बन आना; *where there is a ~ there is a way* जहाँ चाह है वहाँ राह है।

will[2] v.t. कामना करना, वांछा करना, अभिलाषा रखना, इच्छा करना, चाहना, चाह रखना (*God ~s that man should be happy*); अपेक्षा करना, आवश्यक समझना, जरूरत समझना; सम्मत होना, सहमत होना, राजी होना; (कोई बात) जरूर होना, जरूर करना, होकर रहना; निदेश करना, आदेश देना, आज्ञा देना; इच्छापत्र लिखना, वसीयत कर देना; (कोई काम) मनमाने ढंगसे करना।

will[3] v.t. & anx. गा, गे, गी (*I, we, he, they you, ~ go*); सम्भावना होना (*this ~ be Waterloo I suppose*)।

willed a. इच्छाशक्तिमान्।

willer n. इच्छाशक्ति-सम्पन्न व्यक्ति, इच्छाशक्तिमान् व्यक्ति, चाहनेवाला।

willies n. ⊙भीति, भीतता, भयभीतता, डरपोकपन; आवेशमन्दता, उत्साहक्षीणता।

willing a. सम्मत, सहमत, इच्छुक, तत्पर, उद्यत, अविमुख, रजामन्द, तैयार; ईप्सित, अनुमत, चाहा हुआ; इच्छुक व्यक्ति द्वारा प्रदत्त, खुशीसे दिया गया।

willingness n. सम्मति, सहमति, इच्छुकता, इच्छा, तत्परता, रजामन्दी; शौक।

will-less a. इच्छाशक्तिहीन।

will-o'-the-wisp n. कच्छ-प्रकाश; घुमक्कड़ व्यक्ति।

willow[1] n. नम्रा, वीरा, वेत, वैत (एक प्रकारका वृक्ष); (क्रिके०) बल्ला, बैट; ~-pattern इवेत चीनीके बर्तनों-पर नीली नक्काशी; *handle the ~* बल्ला थामना, बैट उठाना; *wear the ~* (प्रिय जनोंकी अनुपस्थिति या मृत्युपर) शोक करना;

~-culture, ~-grouse, ~ herb, ~ oak, ~ power, ~ warbler, ~-wren.

willow[2] n. धुननेकी मशीन।

willow[3] v.t. (धुनाईकी मशीनसे) धुनना।

willowed a. नम्राच्छादित, वीरा-संकुल, वैतवाला।

willowish a. नम्रावत्, वीरा-सदृश, वैत-जैसा।

willowy a. मधुर, माधुर्यमय, सुन्दर; वीरा-बहुल, जहाँ वैतके वृक्ष अधिक हों; कृश, पतला और लचछेदार।

willy n. धुनकी, धुननेकी मशीन।

willy-nilly adv. दे० NILL; इच्छापूर्वक या अनिच्छापूर्वक; अनुरोधसे, बलात्, चाहे-अनचाहे।

willy-willy n. चक्रपवन, चक्रवात, वात्या, बवण्डर।

wilsome a. दुर्दम, दुराग्रही, हठी, जिद्दी।

wilt[1] WILL[2] का द्वितीय पुरुष एकव०।

wilt[2] v.t. & i. शिथिलित करना, शिथिल करना या होना, हिम्मत तोड़ना; म्लान होना, मुरझाना, सूख जाना, कुम्हलाना; ~ disease शैथिल्य-रोग।

wilting n. शिथिलीकरण, शैथिल्य, शिथिलन, कुम्हला जाना, मुरझा जाना; ~ point शैथिल्यांक, म्लानांक।

Wilton n. (विल्टन नगरमें निर्मित) एक प्रकारका कालीन, गलीचा, विल्टन (*~ carpet* भी)।

wily a. मायावी, प्रतारक, कितव, कपटी, छली, शठ, धूर्त, छद्मपर, कापटिक, सकपट, मक्कार, चालाक, चाल-बाज, ऐयार, धोखेबाज, घाघ, काइयाँ।

wimple[1] n. तह-दर-तह नकाब, बुरका, घूँघट, परदा; तह; फरहरा।

wimple[2] v.t. & i. घूँघटमें लपेटना या लिपटना, परदा करना; नकाब डालना, नकाबसे छिपना; तहमें लपेटना, तहियाना, तहियाकर रखना; चक्कर खाते हुए बहना, लहराना, लहरें उठना।

win[1] n. विजय, जीत, बाजी (*has had three ~s*)।

win[2] v.t. & i. विजयी होना, विजेता होना, विजित करना, विजय पाना, जयलाभ करना, जीतना (*~ bet, fortress*); प्राप्त करना, पाना (*~ fame, prize*); (धन-सम्पत्ति आदिमें) आगे बढ़ जाना, आगे रहना; सफल होना, कृतकार्य होना; प्रयत्नतः पहुँचना, कोशिश करके पहुँचना, रास्ता तय करना (*~ the shore, summit*); सफल प्रयत्न द्वारा होना; अनुग्रहलाभ करना, कृपा पाना, प्रसाद पाना; प्रभावित करना, प्रवृत्त करना, सम्मत कर लेना, सहमत कर लेना, झुकाना, तैयार कर लेना; अभिभूत कर लेना, अपने पक्षमें कर लेना, तरफदार बना लेना, मोह लेना; ~ one's *bread* रोटी कमाना, रोजी कमाना; ~ one's *way* संघर्ष करते हुए आगे जाना; कठिनाइयोंके बीचसे रास्ता बनाना; लड़-झगड़कर प्राप्त करना; *~ out* ⊙ सफल होना; *~ the field* मैदान जीत लेना, मैदान मार लेना; *~ through* सफल होना, पार होना (*~ through all difficulties*)।

wince[1] n. कँपकँपी, झुरझुरी, झुरझुराहट; झिझक, सिकुड़न।

wince[2] v.t. सिकुड़ना, कँपकँपी आना, झुरझुरी आना, झुरझुराना; हिचकिचाना, चौंकना, झिझकना, पीछे हटना।

wincer n. काँपनेवाला, झुरझुरानेवाला; हिचकिचाने-वाला।

wincey n. (pl. *-s*) (एक प्रकारका सूती-ऊनी कपड़ा) विन्सी।

winceyette n. नकली विन्सी, दे० WINCEY.

winch n. भ्रामणी, चक्रभुजा, अक्षभुजा, चर्खी, घिरनी,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

धुरेकी चक्कर कुहनी; भारवाहक कल, बोझा उठानेकी मशीन।

Winchester[1] n. विंचेस्टर रायफल।

Winchester[2] n. आधे गैलनकी बोतल।

wind[1]* n. सदागति, अनिल, पवन, मरुत्, वायु, बयार, हवा* (*constant, periodical,* ~); क्षिप्र वायु, चंचल समीर, तेज हवा; आँधी, झक्कड़; वायुकी दिशा (जिधर बहती हो); (ला०) सुअवसर, अच्छा मौका; (pl.) चार प्रमुख दिशाएँ (*scatter to the four ~s of heaven*); अहंकार, अनर्थक बात, निरर्थक बात, व्यर्थकी बात, खाली बातें; कृत्रिम वायु-तरंग; वाहित गन्ध, गन्ध, बू; (ला०) पता, सुनगुन, सुराग, खबर; उदराध्मान, स्फीतता, अधोवायु, अपान वायु, अपच वायु, हवा, पाद; निःश्वास, श्वास, साँस, दम; contrary ~ प्रतिकूल वायु, मुखालिफ हवा; fair ~ अनुकूल वायु, मुआफिक हवा; ~bag बहुभाषी वक्ता, लम्बी-चौड़ी हाँकनेवाला आदमी; वायुपूर्ण थैली, हवाई झोला; फेफड़ा; असार वस्तु; ~-bound वायुरुद्ध, पवन-प्रतिरुद्ध; ~-break वातरोक; ~-colic वातशूल, वातपीड़ा, बाईका दर्द; ~-egg वाताण्ड, कच्चा अण्डा, खाकी अण्डा; ~fall वायुपातित फल; असम्भाव्य आय, अप्रत्याश लाभ, दैव आय; ~-flower (का०) वातिका, मारुत-पुष्प, समीर-पुष्प, रत्नज्योति पौधा; ~-gall (घोड़ेका रोग-विशेष) वातशोथ, पादावुंद; ~-gauge वायुमापी, वायुमापक यन्त्र, विण्ड-गेज; ~-instrument वातयन्त्र, वंशी, बाँसुरी; ~mill पवनपेषणी, पवन-चक्की, हवाकी चक्की; ~mill plane वातचक्रिल वायुयान; ~pipe श्वासनाल, श्वास-नलिका, कण्ठनाली, साँस लेनेकी नली; ~ rose वात कमल; ~-screen (मोटरमें) वातरोध, वायु आवरण, हवासे बचनेका शीशा; ~-spout प्रचण्ड झंझा, भयानक आँधी; *get the ~ up* (ग्रा०) भयभीत हो जाना, दम निकलने लगना, हवा खिसक जाना; शिथिल होना; *get ~ of* पता चल जाना, खबर लग जाना; *go like the ~* क्षिप्रतासे गमन करना, शीघ्रतासे चलना, वायु वेगसे चलना; *raise the ~* (ला०) इच्छित धन प्राप्त करना; *take the ~ out of* one's *sails* (किसी व्यक्तिको उसके अभीष्ट तर्कको पहलेसे कहकर उसे) निराश कर देना; लाभसे वंचित करना; *take* or *get ~* प्रसिद्ध हो जाना, नाम कमाना; *what ~ blew you here* आज किधरका चाँद निकला है?; *which way the ~ blows?* ऊँट कैसी करवट लेता है;

~ ball, ~ belt, ~-blown, ~bill, ~-borne, ~-borne seed, ~-broken, ~ chest, ~cock, ~ cloud, ~ dispersal, ~ drift structure, ~ derosion, ~firm, ~fish, ~ force, ~-gap, ~ god, ~-hungry, ~-laid, ~laid soil, ~ mantle, ~-pollinated, ~-pollination, ~ power, ~-proof, ~ puff, ~row, ~-sail, ~screen wiper, ~-shake, ~-shaken, ~ speed, ~ strip crops, ~-swept, ~-throw, ~-tight, ~vane, ~ velocity.

wind[2] v.t. फूँक मारना, फूँकना, बजाना, फूँककर बजाना; हवा देना; हवा करना, फटकना; (किसी व्यक्ति या वस्तुकी) गन्ध पा लेना, बू पा लेना, सूँघना (*hounds ~ the fox*); साँस लेना; (व्यायामसे) साँस फुलाना, दम बढ़ाना (*am quite ~ed by the climb*); दम बाँधना, दम ताजा करना (*rested to ~ the horses*)।

wind[3] n. कुण्डलित वक्रता, ऐंठन, लपेटन, बल, पेंच, मोड़, फेर, लपेट, घुमाव, चक्कर; ~-up निष्कर्ष; शेष, समाप्ति, खात्मा।

wind[4] v. i. & t. बल देना, बटना; सर्पिल गतिसे जाना, बलयाकार जाना, वृत्ताकार जाना, टेढ़े-मेढ़े होकर जाना; बाईं ओर घूमना; घुमावदार होकर बहना; (*way* के साथ) चक्कर खाकर रास्ता चलना, फेर खाकर जाना, चक्कर खाना, कतरना, मुड़ना; फेरना; चतुराईसे हृदयमें स्थान बना लेना; कुण्डलित करना या होना, लपेट लेना, लिपटना; लच्छा बनाना; समेटना; (क्रेन इत्यादिसे) घुमाना, उठाना; कूकना, कूक देना, चाबी देना; ~ *off* खोलना, पेच खोलना; ~ *ship* जहाजका पूरा रुख बदलना; ~ *up* पूर्णतया कुण्डलित करना, पूरा-पूरा लपेट लेना; कमानीको कसना; कूकना, कूक देना, चाबी देना; उत्तेजित करना; कसाव पैदा करना, चुस्ती पैदा करना; समाप्त करना, समेटना (~ *up your speech*); ~ *up company* व्यापारिक-संघ (कम्पनी) तोड़ देना।

windable a. वलयनीय, कुण्डलनीय, लपेटने योग्य।

windage n. पवनान्तर, वायु अन्तर, हवाकी जगह।

winder n. सर्पिल गन्ता, वलय-गन्ता, वृत्ताकार जानेवाला; कुण्डलित करनेवाला, लपेटनेवाला, फिरकी; लिपटनेवाला; बेल, लता।

windiness n. वायुमयता, अन्धड़पन; वागाडम्बर, शब्दबाहुल्य; बादीपन।

winding १. n. आवलन, लपेटना, लपेट; मोड़; २. a. सर्पिल, चक्रिल, चक्करदार, घुमावदार, बल खाती हुई (जैसे, ~ *staircase*); ~ sheet शव-वस्त्र, कफन; ~ up उपसंहार, समापन।

windlass[1] n. हस्तघर्घरी, गरारी, बोझा, उठानेकी चर्खी।

windlass[2] v.t. (हस्तघर्घरी या चर्खीसे) उठाना, खींचना।

windle n. तकला, फिरकी।

windless a. श्रान्त, क्लान्त, थका हुआ; निर्वात, अवात, वायुहीन, बेदम, बेहवा।

windlestraw n. (घासकी) पुरानी डण्डी, डण्ठल।

window* n. द्वारी, वातायन, बारी, झरोखा, खिड़की*;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

(लिफाफेमें पतेके स्थानपर) खुला हुआ भाग; कतरन, किरिचगोला; ~-dressing अभिविन्यसन. वस्तु-विन्यास, (दुकानकी) खिड़कियोंमें चीजें सजानेकी कला; *have all one's goods in the* ~ ओछा होना, छिछोरा होना, दिखावा करना।

windowed a. वातायनयुक्त, खिड़कीदार।

windowless a. वातायन-विहीन, बे खिड़कीका।

Windsor n. House of ~ विण्डसरका राजवंश; ~ chair सारी लकड़ीकी कुरसी।

windward a. वातसम्मुख, अनुवात, हवाके रुख (~ *side*)।

windy a. वातल, वातमय, वायुमय, पवन-प्रवाहित, तेज हवावाला, हवादार (~ *plain, situation*); झंझामय, आँधीका, तूफानी (~ *weather*); शून्य, निरर्थक, वागाडम्बरपूर्ण, हवाई; अधोवायुमय; अपानवायु-उत्पादक, वादी (~ *colic, food*); (प्रा०) हवाके रुखका; (प्रा०) निरर्थक, बेमतलब (~ *applause*); शिथिल; भयभीत, डरा हुआ; *on the* ~ *side of the law* कानूनकी पकड़के बाहर।

wine[1]* n. आसव, मद्य, हाला, मदिरा, सुरा, दारू, शराब*; द्राक्षिरा, द्राक्षारस, द्राक्षा-सत्त्व, अंगूरी शराब; सुरापान, द्राक्षा-मदिराका आपानक अंगूरी शराबकी पार्टी (~*s have gone out of fashion*); मदिरामें औषधका मिश्रण; ताड़ो (*orange, palm,* ~); Adam's ~ पानी; ~bibber मद्यप, मद्यपायी, पक्का शराबी, पियक्कड़, पक्का शराबखोर; ~ bibbing a. मद्यप, मद्यपायी, अतिशय मदिरासेवी; n. अतिशय मदिरासेवन; ~bowl (शा०) मदिरापात्र, शराबका प्याला, जाम; ~-carriage पहियेदार मदिरा-पात्र; ~-cooler (बर्तन जिसमें शराबकी बोतलें बर्फके साथ रखकर ठण्डी की जाती हैं) वाइन-कूलर; ~cup मद्य-चषक, मदिरापात्र, जाम; ~-drinker मद्यप, मद्यपायी, शराबी; ~glass चषक, मदिरापात्र, सुराभाजन, शराबका गिलास; ~ glassful शराब गिलासभर; ~ merchant मद्यविक्रयी; ~-press द्राक्षापेषणी, (अंगूर-का) रस निकालनेकी कल; ~-skin शराबकी मशक; *in* ~ मदमत्त; मत्त; *new* ~ *in old bottles* (पुरानी प्रथाओंमें न बँधनेवाला) नया सिद्धान्त, नवीकृत विचार; *take* ~ *with* (मेजपर परस्पर स्वास्थ्य-कामना करते हुए) मद्यपान करना;

~ball, ~-bin, ~bottle, ~bowl, ~-cellar, ~-coloured, ~ flask, ~-grower, ~-growing. ~ house, ~-palm, ~ purple, ~-seller, ~-stained, ~-taster, ~-vault, ~ vinegar, ~ yellow.

wine[2] v. i. शराब पीना (प्रायः ~ *and dine*)।

wineless a. मद्यविहीन, मदिरारहित, बेशराबका।

winery n. मदिरालय, मद्यगृह, मद्य-निर्माणी, शराबका कारखाना।

wing[1]* n. स्कन्ध; पक्ष*, पंख*, पाँख, पखना, पर, बाजू. डैना; गृहराश्रय, भवन-विभाग (*the north* ~); उड्डयन, उड़ान; (हास्य०) मानव-बाहु, आदमीका बाजू; पंखा, सूप. छाज; पार्श्वभाग, बगल, बाजू (*cavalry were massed on left* ~); (फुटबालमें सेण्टरके) दायें-बायें फारवर्ड खिलाड़ी; (राजकीय वायु-सेनाका) चक्र, विभाग, सैन्यपक्ष; (pl.; वायुयान-चालकका) बिल्ला, बैज; (pl.)रंगमंचके पार्श्व; पार्श्व-दृश्य; high ~ (वायुयानके) सिरेवाले पंख; low ~ (वायुयानके) नीचेका पंख; ~-case पंखका खोल; ~-commander पार्श्वनायक, पक्षाधिपति, अधिविमानिक, पार्श्वबलाधिकृत, विंग कमाण्डर; ~-covert पक्षावरण, पार्श्वरक्षक, पार्श्व-आवरक, बाजूपोश; ~-footed (का०) क्षिप्र, तीव्र, तेज रफ्तारवाला; ~-sheath पंखका खोल; *clip one's* ~*s* पर कतर देना; *come on the* ~*s of the wind* तीव्रगतिसे आना; हवासे बातें करते हुए आना; घोड़ेपर सवार आना; *his* ~*s are sprouting* वह देवदूत होता जा रहा है, वह देवता होता जा रहा है; *lend, add,* ~*s to* त्वरित करना, तेज करना, गति बढ़ाना; *on the* ~ उत्पतन, उड्डीयमान, उड़ता हुआ; *take under* one's ~ अपने संरक्षणमें लेना, छायामें या आश्रयमें लेना; *take* ~ उड़ना आरम्भ करना, उड़ने लगना;

~-cover, ~ dam, ~ rail, ~ resistance, ~-spread, ~ walls.

wing[2] v.t. & i. आरोहण-योग्य बनाना, उड़ने योग्य बनाना, पंख देना, पर लगाना (~ *arrow with eagle's feathers*); उड़कर यात्रा करना, उड़कर जाना, उड़कर रास्ता तय करना, पर मारना (*bird* ~*s its way*); (पक्षी या मनुष्यको) बाजू लगाना; बाजू या पर काट देना।

winged a. पक्षवान्, सपक्ष, पक्षयुक्त, पंखदार, परदार, तेज (जैसे, ~ *horse, shoot*); ~ words अचूक शब्द, सार्थक शब्द।

wingless a. पक्षहीन, पार्श्वहीन, पंख-विहीन, बे बाजूका।

winglet n. क्षुद्र पक्ष, क्षुद्र पंख, छोटा पंख।

wingy a. सपक्ष, सपत्र, पंखदार, पखनेदार, परदार; प्रजवी, प्रवेगी, द्रुत, गतिमान्, तेज।

wink[1] n. उन्मीलन, मीलन, झपकी; संकेत, इंगित, सैन, इशारा (*nod is as good as* ~ *to blind horse*); पलक (*could not get a* ~ *of sleep*)।

wink[2] v. i. & t. सत्वर उन्मीलित करना, पुनः-पुनः निमीलित करना, जल्दी-जल्दी आँख झपकाना या पलक मारना; अपांग-संकेत करना, संकेत देना, सैन करना; आँख मारना; (प्रायः *at* के साथ, प्रकाश, तारा इत्यादि-का) कौंधना, चमचमाना, चमकना, टिमटिमाना; ~ *at* उपेक्षा करना, ध्यान न देना, आनाकानी करना, आँखें मूँद लेना।

wink-a-peep n. जलौकामारी, जोंकमार (बूटी)।

winker n. आँख मिचकानेवाला, झपकी मारनेवाला;

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

इंगित या संकेत करनेवाला ।

winking a. सत्वरोन्मीलन, मिचकाहट, झपकी; अपांग-संकेतन, आँख मारना; *like* ~ अतिशीघ्र, तुरन्त, जल्दीसे, झटपट; ~ *at* उपेक्षी ।

winkle[1] n. (एक प्रकारका खाद्य समुद्री) शम्बुक, घोंघा, झींगा ।

winkle[2] v.t. (~ *out*) निकाल लेना, बाहर निकालना ।

winner n. जेता, विजेता, जयी, विजयी, जीतनेवाला ।

winning १. n. विजय, जीत, जीतना; २. a. जयी, विजयी, जीतनेवाला; जीतका, जीत-सम्बन्धी; विजय निश्चित कर देनेवाला; अनुरंजक, आकर्षक, चित्ताकर्षक, हृदयग्राही, मनोरम, मनोहर, सुन्दर, दिलकश; ~ post (घुड़दौड़में) जीतनेका खम्भा ।

winnings n. (pl.) जीता हुआ रुपया या माल ।

winnow v.t. निष्पवन करना, बीजन करना, ओसाना, फटकना, पछोरना; शोधना, सूक्ष्म-परीक्षा करना, छान-बीन करना, छाँटना, (परोंसे) हवा झलना, हवा करना; उड़ाना; छानना; पृथक् करना; पर फडफड़ाना, पंख फटफटाना, फड़फड़ाना, पर मारना; (बालों इत्यादिका) लहराना ।

winnowed a. पूत, परिपूत, छाना हुआ; पृथक्कृत ।

winnower n. निष्पवित्र, शूर्प, सूप; (क्रियागत अर्थोंमें) ओसानेवाला, निष्पावक, फटकनेवाला, पछोरनेवाला ।

winnowing n. निष्पावन, बीजन, पछोरना, उड़ाना (~ *basket, machine*) ।

winsome a. सुन्दर, मनोरम, मनहर, मनोहर, ललित, आकर्षक, सलोना, लुभावना, प्यारा; हृष्ट, प्रफुल्ल, प्रसन्न, मुदित, मोदमय, खुश ।

winsomeness n. सुन्दरता, मनोरमता, मनहरता, मनोहरता, आकर्षकता, हर्ष, प्रफुल्लता, प्रसन्नता, मोद, खुशदिली ।

winter[1]* n. हेमन्त, शिशिर, शीतकाल, शरद् ऋतु, हिमकाल, सरदी* जाड़ा*; (गुण०) शरत्कालीन, शीतकालीन, जाड़ेमें होनेवाला; हैमन्ती, सर्दीका, जाड़ेका (~ *session*); जरा, वार्द्धक्य, वृद्धावस्था, बुढ़ापा; (भाषण०, का०) आयुका वर्ष, उम्रका साल (*a man of 50 ~s*): hard ~ कड़ाकेकी सर्दी; mild ~ गुलाबी जाड़ा, हल्का जाड़ा; ~ garden उद्यानकक्ष, शिशिर-उद्यान, शीशेकी छतवाली नरसरी; ~-quarters शिशिर-निवास, (सर्दीमें फौजोंकी) पड़ावगाह; ~-tide शरत्काल; (का०) शीत-लहर;

~-beaten, ~ buds, ~ cherry, ~ cough, ~ cress, ~-crop, ~ deciduous, ~ egg, ~ frost, ~-green, ~-killed, ~-killing, ~-melon, ~ months, ~ moth, ~ planting, ~ precipitation, ~ rainfall, ~ showers, ~ sleep, ~ solstice, ~ spore, ~ sweet, ~ temperatures, ~wear.

winter[2] v. i. & t. (*at, in* के साथ) शीतकाल व्यतीत करना, जाड़ा काटना; (जाड़ेमें पौधों, पशुओं इत्यादिकी) सेवा करना, जाड़ेमें पालन-पोषण करना ।

winterish a. ईषच्छीतोपयुक्त, ईषच्छारदीय, कुछ जाड़ेका, जाड़ेका-सा ।

winterless a. शीतविहीन, शीतकालविहीन ।

winterly a. शारदीय, सरद, जाड़ेका ।

wintriness n. शिशिरावस्था; शीतोपयुक्तता, शारदीयत्व, सरदी, ठण्डक; उत्साहहीनता, बेमजगी ।

wintry a. शीतल, ठण्डा; शीतोपयुक्त, हैमन्त, हिमकाल-सम्बन्धी, शारदीय, जाड़ेका (~ *day, weather*); हर्षविहीन, आनन्दरहित, फीका, बेमजा; उत्साहहीन, जोशसे खाली (~ *scene*) ।

winy a. आसववत्, मद्य-सदृश, मदिरा-सा, शराब-जैसा ।

wipe[1] n. प्रक्षालन, प्रोंछन, मार्जन, परिष्कार, पोंछना (*give this plate a* ~); आघात, प्रहार, घूँसा, मार, चोट (*fetched him a* ~); (ग्रा०) रूमाल; नोकझोंक, बोली-ठोली .

wipe[2] v.t. & i. प्रोंछित करना, मार्जित करना, मार्जन करना, परिष्कार करना, पोंछना, (रगड़कर) साफ करना, मिटाना; (ग्रा०) गहरा आघात करना, लम्बा वार करना; ~ *off* पोंछ डालना, साफ करना; ~ one's *eye* (ग्रा०) किसीपर पूर्वदृष्टि रखकर उससे आगे बढ़ जाना; ~ one's *eyes* आँसू पोंछना, रोना बन्द करना; ~ *out* प्रतिकार करना, प्रतिशोध करना, समूल विनष्ट करना, मिटा देना, बर्बाद कर देना, सत्यानास कर देना; ~ *out bath* हौज साफ करना; ~ *out disgrace, insult* etc. अपमान धो डालना, बदनामी धो डालना; ~ *the floor with* (ग्रा०) अपमानजनक रीतिसे सुधारना, अपमानजनक पराजय देना ।

wiper n. प्रोंछक, पोंछनेवाला, मिटानेवाला; मार्जनवस्त्र, पोंछा, पुचारा, झाड़न (~ *cloth* भी) ।

wire[1]* n. तन्तु, तार* (*copper, silver,* ~); (टेलीग्राफ द्वारा प्रेषित) संवाद, तार (*sent congratulations by* ~); ~draw तार-निर्माण; तार खींचना, तार बनाना; ~ entanglement तार-बाड़ा, तारका घेरा; ~-gun तार-तोप; ~-haired (तारकी तरह) कड़े बालोंवाला; ~-heel घोड़ेके पैरकी बीमारी; ~puller सूत्र-संचालक, दलका गुप्त संगठनकर्ता राजनीतिज्ञ; ~rope तारकी रस्सी; ~worm तन्तु-कृमि (एक प्रकारका हानिकारक कीट-डिम्भ); *pull the ~s* (तारों द्वारा) कठपुतली नचाना; (ला०) षड्यन्त्र रचना, गुप्त रूपसे दलका संगठन करना; ~ *in* (ग्रा०) सम्पूर्ण शक्तिसे कार्य करना, एँड़ी-चोटीका जोर लगा देना;

~ basket, ~-blanket, ~ cutter, ~-dealer, ~drawing, ~-fence, ~-fencing, ~-gauze, ~ grass, ~ handle, ~-holder, ~ hoop, ~man, ~ nail, ~-net, ~-netting, ~ patenting, ~ sewer, ~ stitching, ~-tailed swallow, ~ tramway, ~weed.

wire[2] v.t. & i. तार कसना, तार लपेटना, तार घेरना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

तार बाँधना; (मनकोंको) तारमें पिरोना; (चिड़ियोंको) तारमें फँसाना; (विद्यु०) बिजलीका तार लगाना; (क्रिकेट खेलमें) गेंद रोकवाना; तार देना, तार भेजना (~ *me the result*)।

wireless[1] n. वितन्तु-संवाद, वितन्तु-प्रणाली, बेतारका तार; वितन्तुक, वितन्तु-ग्राहिका कल; वितन्तु-प्रसारित कार्यक्रम; नभोवाणी, आकाशवाणी, रेडियो;
~ apparatus, ~ beacon, ~ license, ~network, ~ officer, ~ operator, ~ receiver, ~ set, ~ station, ~ telegraph, ~ telegraphist, ~ telegraphy, ~ telephone, ~ telephony, ~ waves.

wireless[2] v. i. & t. बेतारका तार भेजना, वायरलेस करना।

wireless[3] a. वितन्तु, तन्तुविहीन, बिना तारका।

wirer n. तार कसनेवाला, तार लपेटनेवाला, तार घेरनेवाला, तार बाँधनेवाला।

wiriness n. दृढ़ता एवं नमनीयता; बलिष्ठता, अथकपन, मजबूती।

wiring n. तार कसना, तार लपेटना, तार घेरना, तार बाँधना।

wiry a. तन्तुमय, तान्तविक, तन्तु-निर्मित, तारवाला, तारका बना; (का०, तारकी भाँति) दृढ़ एवं नमनीय, मजबूत और लचकदार; बलवान्, बलिष्ठ, दृढ़, सुगठित शरीरका; अथक, अनथक।

wis v. i.(प्रा० भाषामें) 'मैं जानता हूँ, मैं अच्छी तरह जानता हूँ' दे० WIST.

wisdom n. ज्ञान, विज्ञता, प्रज्ञा, प्रज्ञता, बुद्धिमत्ता, बुद्धिमानी, मनीषा, मति, बुद्धि, अक्ल, अक्लमन्दी, दानाई; विवेक, विमर्श, विमृश्यकारिता, दूरदर्शिता, सावधानी; व्यावहारिक ज्ञान; बोध-वचन, बुद्धिमत्तापूर्ण कहावतें (*pour forth* ~); god of ~ गणेश; ~-tooth प्रज्ञादन्त, अक्लके दाँत, अक्ल दाढ़; *cut one's ~-teeth* विवेकशील होना, बुद्धि प्राप्त करना, अक्लकी दाढ़ निकालना; *no ~ like silence* सबसे भला चुप।

wise[1] n. आचरण, रीति, ढंग, भाँति (*in no* ~)।

wise[2]* a. (*wiser, wisest*), ज्ञानी, विज्ञ, प्रज्ञ, विचक्षण, बुद्धिमान्*, मतिमान्, प्रज्ञावान्, सविवेक, विवेकी, विमृश्यकारी, दूरदर्शी, निपुण, दक्ष, समझदार*, सयाना* (*where ignorance is bliss 'tis folly to be* ~); जादूगर; विवेकाभिव्यंजक, बुद्धिका, अक्लमन्दीका; ~ crack क्षिप्र उक्ति; ~ man मायावी, जादूगर; ~ saw सूक्ति; ~ woman मायाविनी, जादूगरनी, चुड़ैल, भाग्य बतानेवाली; धात्री, धाय, दाई; ~ *up*⊙ (प्रा०) अवगत होना या कराना, सयाना होना या करना।

wiseacre n. पण्डितम्मन्य, लाल बुझक्कड़, ज्ञानाभिमानी पुरुष, झूठा अक्लमन्द बननेवाला आदमी।

wisecrack[1] n. क्षिप्र उक्ति, हाजिरजवाबी।

wisecrack[2] v.t. क्षिप्रभाषण करना, तत्काल उत्तर देना, हाजिरजवाब होना।

wisecracker n. क्षिप्रभाषी, हाजिरजवाब।

wish[1] n. इच्छा, अभिलाषा, आकांक्षा, कामना, मन्तव्य, मनोरथ, चाह, मशा (*cannot grant your* ~); अनुनय, अनुरोध; प्रयोजन, ईप्सित, मनोवांछित वस्तु, इच्छित वस्तु, मनचाही बात (*have got my* ~); good (*best*) ~es हितकांक्षाएँ, शुभकांक्षाएँ, सदिच्छाएँ, मंगल-कामनाएँ, खैरकी दुआएँ; ~ *is father to thought* मनोरथ विचारका जनक है, मनोरथसे विचार पैदा होते हैं।

wish[2] v.t. & i. वांछा करना, आकांक्षा करना, इच्छा करना, अभिलाषा करना, कामना करना, चाहना (*I ~ to go, you ~ to do it*); शुभाकांक्षी होना, अनिष्टाकांक्षी होना, भला या बुरा चाहना; मंगलकामना करना, शुभकामनाएँ या अशुभकामनाएँ प्रकट करना (~ *success to each and all*); ~ one *at the devil* or *further* यह चाहना कि अमुक व्यक्ति चला जाय या नजरोंसे दूर हो जाय; ~ person *joy of* (किसीके लिए) शुभ चाहना।

wisher n. अभिलाषी व्यक्ति, आकांक्षी पुरुष, कामना करनेवाला, शुभेच्छु।

wishful a. व्यग्र, व्याकुल, उत्सुक; अभिलाषी, इच्छुक; इच्छामूलक, यथेच्छ, दिलपसन्द (~ *thinking*)।

wishfulness n. व्यग्रता, व्याकुलता, उत्सुकता; अभिलाषिता, दिलपसन्दी।

wish-wash n. पतला पेय, धोवन-जैसा शोरबा; फीका पानी, धोवन-धावन; फीकी बातचीत, बेमजा बात।

wishy-washy a. नीरस, पतला, पानी-सा, फीका; निस्तेज, दुर्बल, शक्तिहीन, कमजोर।

wisket n. डलिया, टोकरी।

wisp[1] n. संतृण, तृणगुच्छ, गुच्छा, गट्ठा, मुट्ठा, आँटी, पूली; झाड़ू।

wisp[2] v.t. झाड़ना, झटकना।

wispish a. = WISPY.

wispy a. गुच्छित, गुच्छेदार, गट्ठेदार, आँटीदार, पूलीदार; झाड़ूदार।

wist v.t. & i. = WIT[3]; ज्ञात, जाना हुआ।

wistaria n. विस्टारिया (एक प्रकारका फलीदार वृक्ष)।

wistful a. उत्सुक, उत्साही, आग्रहान्वित, अभिलाषी, लालसापूर्ण; चिन्तित, चिन्तामग्न, चिन्तायुक्त, चिन्ताशील, ध्यानपरायण, लवलीन, सोचमें डूबा, फिक्रमें डूबा हुआ।

wistfulness n. उत्सुकता, आग्रहान्वितता, लालसापूर्णता; चिन्तामग्नता, चिन्तायुक्तता, चिन्ताशीलता, चिन्तितावस्था, चिन्ता, फिक्रकी हालत।

wit[1] n. (प्रा०) बुद्धिमान्, प्रतिभाशाली व्यक्ति; रसिक व्यक्ति, कौतुकप्रिय व्यक्ति; समझदार, अक्लमन्द; कौशलभाषी, परिहास-चतुर, नर्मभाषी, मसखरा, हाजिरजवाब।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

wit[2] n. मेधा, बुद्धि, बुद्धिमानी, बुद्धि-चातुर्य, विचार-शक्ति, समझ, अक्ल, दिमाग (*quick, slow, ~*); रस, रसिकोक्ति, नर्मोक्ति (*pages sparkling with ~*); ~-cracker परिहासिक, ठिठोलिया, खिल्लीबाज; *at* one's *~'s end* हतबुद्धि, किंकर्तव्य-विमूढ़, चक्करमें, फेरमें; *has his ~s about him* समझदार; *his ~s are gone a-wool-gathering* उसकी अक्ल चरने गयी है; *out of* one's *~s* पागल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

wit[3] v.t. & i. विदित करना, जानना, पहचानना; *God wot* ईश्वर जानता है; *I wot* मैंने समझा; *to ~* अर्थात्, यानी।

witch[1] n. (अव क०) अभिचारक, जादूगर; अभिचारिका, पूतना, मायाविनी, डाकिनी, डायन, जोगनी, जादूगरनी; (ला०) मोहिनी वाला या स्त्री; स्थविरा, वृद्धा स्त्री, खूसट औरत, बदसूरत बुढ़िया औरत; (इंग्लैण्ड) एक प्रकारकी चपटी मछली; white ~ हितकारिणी जादूगरनी; ~-hunt डाकिनी-आखेट; (ला०) सन्दिग्ध साम्यवादियों आदिकी खोज।

witch[2] v.t. मुग्ध करना, मोहित करना, मोह लेना, जादू करना (*the ~ing time of night*)।

witchcraft a. अभिचार, माया, मोहिनी शक्ति, डाकिनीवृत्ति, जादूविद्या, जादूगरी, जादू, टोना।

witchery n इन्द्रजाल, माया-सम्मोहन, मोहिनी-शक्ति, जादू-टोना।

witching a. मोहिनी, मुग्ध करनेवाली, जादू करनेवाली, मोहक।

witenagemot n. (इति०) आँगल-सैक्सन राष्ट्रीय संसद्।

with* prep. विरोधमें, विपक्षमें, खिलाफ (जैसे, *fight, quarrel, struggle, argue, compete, vie, ~*); सहित, युक्त, साथ*, संग (जैसे, *man ~ sinister expression*); लिए हुए, रखे हुए (जैसे, *walking ~ a stick, gun*); पक्षमें, मुवाफिक (जैसे, *I feel, sympathise ~ you*); स्वामित्वमें, संरक्षणमें, अधिकारमें, पास, जिम्मे, कब्जेमें (जैसे, *have no money ~ me*); मतमें, विचारसे, ख्यालसे; से, की सहायतासे, की मददसे (जैसे, *have no pen to write ~*); द्वारा, से, के जरियेसे (जैसे, *the mango is to be cut ~ a knife*); सम्बन्धमें, विषय¤; संग-संग, साथ-साथ, साथ ही (जैसे, *changes ~ the season*); हेतुसे, कारणसे, वजहसे (जैसे, *trembles ~ fear*); का, में; इसपर (*~ that she said*); के प्रति, की ओर (जैसे, *be patient ~ him, what do you want ~ me ?*); होते हुए भी, बावजूद (जैसे, *~ all his learning he is the simplest of men*); ~ child गर्भिणी, गर्भवती; ~ God मृत, स्वर्गवासी, भगवान्‌की गोदमें; *~ effect from* से लेकर; *~ respect to* के विषयमें, के बारेमें; *~ that* तब, उसपर, उसके साथ ही।

withal adv. & prep. से, के साथ, को लेकर (*what shall he fill his belly ~ ?*); भी, साथ ही; तथापि, तो भी; इसपर; इसके अतिरिक्त, इसके अलावा, और भी।

withdraw v.t. & i. प्रत्याहार करना, प्रत्याहरण करना, अपकर्षण करना, निवर्तन करना, पीछे हटाना, वापस करना, उठा लेना, लौटा लेना, वापस लेना (*~ curtain*, one's *hand*); लौटना, (बैंक इत्यादिसे) धन निकालना, निकासी करना; पीछे लौटना, हट जाना, वापस चले आना; विलग करना या होना, अलग करना या होना, हाथ खींच लेना।

withdrawable a. प्रत्याहार्य, लौटाने योग्य।

withdrawal n. प्रत्याहार, प्रत्याहरण, प्रत्याकर्षण, विनिवर्तन, निवर्तन, पश्चादुगमन, अपसरण, अवहार, वापसी, हटाव; हटाना; (धनकी) निकासी, निस्सृति, निकास।

withdrawer n. प्रत्याहर्ता, अपकर्षयिता, निवर्तयिता, उठा लेनेवाला, वापस लेनेवाला; विलग होनेवाला, अलग होनेवाला, हाथ खींच लेनेवाला।

withdrawn a. प्रत्याहृत, अपनीत, निकाला हुआ।

withe[1], **withy** nn. (pl. -s) लचीली शाख, बैत, टहनी।

withe[2] v.t. बैतसे बाँधना; बैतकी तरह मोड़ना।

wither v.t. & i. नीरस होना, शुष्क होना, विशुष्क होना, विशोषित करना या होना, सूखना, सुखाना; म्लान करना या होना, कुम्हलाना, मुरझाना, मुरझा देना (*age cannot ~ her, flowers ~*); (प्रायः *away* के साथ) कृश होना, क्षीण होना, दुर्बल होना, घुलना; निर्जीव होना; नष्ट होना, सड़ना, सड़ाना; महत्त्वहीन बनाना या होना (*the individual ~s*); ह्रास होना, पतन होना, गिरना; कान्तिहरण करना, म्लान करना, फीका करना।

withered a. नीरस, म्लान, परिम्लान, गतरस, शुष्क, विशुष्क, मुरझाया हुआ, कुम्हलाया हुआ; शीर्ण, नष्ट।

witheredness n. नीरसता, म्लानता, परिम्लानता, शुष्कता, विशुष्कता, कुम्हलाहट; शीर्णता, नष्टता।

withering a. निस्तेज, म्लान, कुम्हलाता हुआ, मुरझाता हुआ; क्लान्तिकर; शीर्णकारक, जीर्णकारक, म्लानंकारक, शुष्ककर्ता।

withers n. (pl.) (घोड़ेका) स्कन्ध, स्कन्ध-देश, स्कन्ध-सन्धि स्थान, कन्धा, मद्दू, खाँदा; मध्य पृष्ठ, विदर्स; *my ~ are unwrung* मैं आक्षेपमुक्त हूँ, अछूता हूँ, मैं इल्जामसे बरी हूँ।

withheld a. प्रत्याहृत, निगृहीत, विधृत, रोका हुआ।

withhold v.t. विधृत करना, निगृहीत करना, प्रतिरोध करना, अटकाना, दबा रखना, रोकना, रोक रखना, न देना (*~ consent, support*); देनेसे इनकार करना; संयत करना, थामना, अटकाना, खींच लेना।

withholden WITHHOLD का भू० कृ०।

withholder n. विधर्ता, प्रतिरोधयिता, अटकानेवाला,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

रोकनेवाला, न देनेवाला, इनकार करनेवाला ।

withholdment n. विधृति, विधारण, प्रतिरोधन, अटका. रोक, रुकावट, इनकार ।

within[1] n. अन्तः, अन्तर्, अन्तर्भाग, भीतरी हिस्सा (जैसे, *seen from ~*) ।

within[2] adv. अन्तः-, अन्तर्-, अभ्यन्तर, अन्दर, भीतर, बीचमें; अन्दरसे भीतरसे (जैसे, *clean ~ & without*); *go ~* अन्दर प्रवेश करना, भीतर जाना; *make me pure ~* मेरी आत्माको पवित्र करो; *~ doors* घरके भीतर ।

within[3] prep. में, भीतर, अन्दर (जैसे, *safe ~ the walls*); सीमान्तर्गत, सीमामें, पहुँचके भीतर, हदमें, दायरेमें (जैसे, *live, keep ~ one's income*); बीचमें; से कम (*is ~ three miles*); निकट, समीप, पास, करीब; के आरम्भमें, पहले ही; समयके भीतर, बीतनेके पहले ही (*~ a year, all was changed*); अन्दर-अन्दर (जैसे, *shall have it ~ an hour*) ।

without[1] n. बहिर्भाग, बाहरी हिस्सा; बाह्य साधन, बाह्य स्रोत, बाहरी पक्ष ।

without[2] adv. (प्रा०) बाह्यतः, बाहर, घरके बाहर, बाहरसे (जैसे, *white within & ~*); बिना, रहित, छोड़कर, सिवाय; *do, go ~* किसी वस्तुके बिना काम चलाना; *goes ~ saying* सत्य है, मानी हुई बात है, सीधी बात है, कहनेकी आवश्कता नहीं है ।

without[3] prep. के बिना; अतीत, परे, शून्य, वंचित, से मुक्त, से स्वतन्त्र, के अभावमें (जैसे, *came ~ a hat*); के परे, के बाहर, से बाहर (जैसे, *met us ~ the gates*); *~ doubt* निस्सन्देह; *~ cause* अकारण, अकस्मात्, अचानक; *~ delay* अविलम्ब; *~ money* धनहीन, धनरहित ।

withstand v.t. & i. प्रतिसहन करना, सहारना, सहन करना; बाधा देना, विरोध करना, रोध करना, प्रतिरोध करना, रोड़े अटकाना, सामना करना, टक्कर लेना, रोकना, मुकाबला करना ।

withstander n. विघ्नकारक; रोक, आड़ ।

withstood WITHSTAND का भूत तथा भू० कृ० ।

withy १. n. दे० WITHE; २. a. बैतका बना हुआ; लचीला ।

witless a. निर्बुद्धि, बुद्धिहीन, मतिमन्द, मूर्ख, कम-अक्ल, बेसमझ ।

witlessness n. निर्बुद्धिता, बुद्धिहीनता, मतिमन्दता, मूर्खता, बेसमझी, कम-अक्ली ।

witling n. अल्प-परिहास-बुद्धि व्यक्ति, अल्पबुद्धि; रसिक, रसिया, ठठोलिया, दिल्लगीबाज ।

witness[1] n. पुष्टि, प्रमाण, साक्ष्य, साखी, गवाही, सबूत, शहादत (*stands there in ~ of the event*); साक्षी, साक्ष्यदाता, गवाह; (*eye ~* भी) दृष्ट साक्षी, प्रत्यक्षदर्शी, चाक्षुष साक्षी, आँखसे घटना देखनेवाला व्यक्ति; (स्वहस्ताक्षरसे) पुष्ट करनेवाला व्यक्ति, प्रमाणित करनेवाला व्यक्ति; *bear ~ to* or *of* साक्ष्य देना, गवाही देना, सबूत देना, शहादत देना; *call to ~* साक्ष्य चाहना, पुष्टि चाहना, गवाही चाहना ।

witness[2] v.t. & i. (प्रायः *against* अथवा *for* के साथ) प्रमाण-रूप होना, साक्ष्य देना, साक्षी रहना या होना, प्रमाण देना, गवाही देना; सूचित करना, संकेत करना, पता देना (*a deathly pallor ~ed his agitation*); दिखाना; दर्शक होना, देखना; (प्रलेख या दस्तावेजपर) साक्षीरूपमें हस्ताक्षर करना ।

witted a. बुद्धि-विशिष्ट, बुद्धिजीवी, बुद्धिमान्, चतुर, समझदार, अक्लमन्द ।

witticism n. रसिकोक्ति, सरस उक्ति, रसमय वाक्य, वाग्विलास, बुद्धि-विलास, व्यंग्योक्ति, विनोदवाक्य, ठिठोली, फबती, भोंड़ा या भद्दा मजाक ।

witticize v.t. रसमय वाक्य बोलना, व्यंग्योक्ति करना; ठिठोली करना, फबती कसना ।

wittiness n. व्यंग्य-चातुर्य, परिहास-चातुरी ।

witting a. स्वैच्छ, मनमाना ।

witty a. रसिक, परिहासक, नर्मभाषी, ठठोल; तीक्ष्णबुद्धि, सयाना ।

wive v.t. & i. (अब क्व०) परिणय करना, विवाह करना, पत्नी बनाना ।

wivern n. (अप्र०) दैत्य, वाइवर्न (अजगरकी तरहका एक भयानक जन्तु); (ढालपर बनी हुई) वाइवर्नकी आकृति ।

wives n. pl. दे० WIFE.

wizard[1] n. अभिचारी, मायावी, मायाकार, जादूगर, ओझा, जोगी; अतिनिपुण व्यक्ति, विशेषज्ञ, कौशलकार; *the W~ of the North* सर वाल्टर स्कॉट ।

wizard[2] a. (प्रा०) चमत्कारिक, विचित्र, आश्चर्यजनक ।

wizardry n. मायाविता, ऐन्द्रजालिकता, जादूगरी, ओझाई; अतिनिपुणता, विशेषज्ञता, कौशल ।

wizen[1] v. i. शीर्ण होना, विशीर्ण होना, विच्छिन्न होना, क्षय होना ।

wizen[2] a. शीर्ण, विशीर्ण, विच्छिन्न, क्षयपूर्ण ।

wizened, wizen, weazen aa. कठिन, कठोर; शुष्क, सूखा, मुरझाया हुआ ।

wo, whoa intrr. (विशे० घोड़ोंके लिए) बस !, ठहर जा !, रुक जा !

woad[1] n. वोड, नीले रंगवाला पौधा; नीला रंग ।

woad[2] v.t. वोडसे रँगना, नीला करना ।

wo-back int. (घोड़ोंको पीछे हटानेमें प्रकट किया गया) धत्-धत्, चल हट, पीछे हो !

wobble[1], **wabble**[1] nn. स्पन्दन, कम्पन, अस्थिरता, दोलायमानता, डगमगाहट, लड़खड़ाहट, डावाँडोलपन; (नीति इत्यादिमें) अनिश्चय, ढुलमुलपन ।

wobble[2], **wabble**[2] vv.t. स्पन्दित होना, कम्पित होना, दोलायमान होना, डगमगाना, लड़खड़ाना, इधर-उधर घूमना, चक्कर खाना; थर्राना, झोंके खाना; असंगतिपूर्वक कार्य करना, अस्थिर रूपमें जाना; बार-बार पलटा खाना, बार-बार रंग बदलना; (नीयत इत्यादिका)

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

अनिश्चित होना, विचल होना, डावाँडोल होना।

wobbler n. अस्थिरचित्त पुरुष, चंचलचित्त मनुष्य, डावाँडोल इरादेका आदमी।

wobbling n. विह्वरण, आघूर्णन, चक्कर; चक्करदार चाल।

woe n. मनस्ताप, त्रास, विपत्ति, दुःख, कष्ट, पीड़ा, दुर्गति, सन्ताप, चिन्ता, मुसीबत, शोक, सोग, मातम, गम; (pl.) विपत्तियाँ, कठिनाइयाँ, बाधाएँ, मुसीबतें, आफतें; ~ *be to* विपत्ति पड़े, गाज गिरे, लानत हो; ~ *is me* हाय !, शोक !, अफसोस !; ~ worth the day गन्दा दिन है।

woebegone a. दुःखी, दुःखित, शोकाभिभूत, शोकार्त, शोकग्रस्त, विषादमलिन, मलिनमुख, खिन्नवदन, उदास।

woeful a. शोकार्त, शोकमय, शोकपूर्ण, दुःखी, गमगीन; कष्टयुक्त, त्रासयुक्त; दुःखप्रद; अभागा, निगोड़ा; अत्यन्त (~ *ignorance*)।

woefulness n. शोकार्तता, शोकमयता, शोकपूर्णता; गमगीनी; कष्टयुक्तता, त्रासयुक्तता, दुःखप्रदता।

woesome a. = WOEFUL.

woke v. i. दे० WAKE का भूत०।

wold n. वन, अरण्य, जंगल, उजाड़खण्ड, बंजर प्रदेश; अकृष्ट भूमि, अकर्षित भूखण्ड, परती भूमि, खाली मैदान।

woldsman n. वनजीवी, अरण्यजीवी, जंगलमें गुजर-बसर करनेवाला।

wolf[1] n. वृक, कोक, ईहामृग, भेड़िया, भेड़हा, बनैया कूकुर; क्षुधातुर जीव; क्रूर एवं लोभी व्यक्ति, जालिम और लालची आदमी; (संगीत) कर्णकटु ध्वनि, कर्कश कम्पित ध्वनि; ~-cub वृकशावक, भेड़ियेका बच्चा; (स्काट०) जूनियर बॉय स्काउट; ~-dog वृक-श्वान, कोक-श्वान, रखवाला कुत्ता; ~-fish वृकमत्स्य, वृकमीन, कोकमत्स्य; ~-hound वृकाखेटिक, रूसी नस्लका कुत्ता; अलसेशी नस्लका कुत्ता; ~'s-bane प्रविष, वृकविषा, एकोनाइट; ~'s-claws, -foot मृगशृंग शैवाल, गदापर्णांग; ~'s-fish एक तरहका कुकुरमुत्ता; ~-spider = TARANTULA; *cry* ~ *too often* मिथ्या विपद्-घोषणा करना; *have, hold* ~ *by the ears* असमंजसमें पड़ना; *keep* ~ *from door* किसी-न-किसी तरहसे पेट भरना; ~ *in sheep's clothing* बगुला भगत, मुखमें राम बगलमें छुरी, साधुवेशमें चाण्डाल, प्रतारक, कितव, कपटी, छली, धूर्त।

wolf[2] v.t. (भुक्खड़की भाँति) निगल जाना, हड़प जाना।

wolf[3] n. (चिकि०) व्रण, क्षत, घाव।

wolfish a. वृकवत्, भेड़िये-जैसा; अतिलोभी, क्रूर एवं लोभी, जालिम और लालची।

wolfishness n. वृकवत्ता, वृक-स्वभाव, भेड़ियापन; अतिलोभीपन, क्रूर एवं लोभी स्वभाव।

wolfram n. चण्डातु, वुल्फ्रैम (टंगस्टन उत्पन्न करनेवाला एक खनिज पदार्थ)।

wolverene n. शीनवृक (नेवले-जैसा एक अमरीकी पशु)।

wolves n. pl. दे० WOLF[1].

woman[1]* n. (pl. *women*) ललना, रमणी, वनिता, अबला, महिला, नारी, स्त्री*, औरत* (*how does* ~ *differ from man ?*); नारीवर्ग, स्त्रीवर्ग, स्त्रीलोक, स्त्री-जाति, औरत-जात (*is an excellent thing in* ~); (रानी इत्यादिकी) परिचारिका, सेविका, दासी; स्त्रैण पुरुष, जनाना आदमी (*is a* ~ *in tenderness*); नारीत्व, स्त्रियोचित भावनाएँ, नारी-भावना (*stirred the* ~ *in her*); (गुण०) महिला-, जनाना (~ *doctor, councillor*); ~kind, womenkind स्त्रियाँ, स्त्री समुदाय, स्त्री जाति; ~ suffrage महिला-मताधिकार; womenfolk स्त्रियाँ, घरकी औरतें; ~ student छात्रा; *make an honest* ~ *of* फुसलाकर विवाह कर लेना; *play the* ~ भय-प्रदर्शन करना, रोना; *there is a* ~ *in it* मामला गड़बड़ है, दालमें कुछ काला है; ~ *of the world* अनुभवी स्त्री; ~ *with a past* कलंकित या संदिग्ध जीवनवाली स्त्री।

woman[2] v.t. सामान्य स्त्रीके रूपमें उल्लेख करना; 'मेरी अच्छी स्त्री' इत्यादि कहकर सम्बोधित करना; स्त्रियों-जैसा बना देना।

womanhood n. (स्त्रियोंका) यौवन, तारुण्य, वयस्कता; नारी-सुलभ प्रौढ़ता, नारी-स्वभाव; नारीत्व, स्त्रीत्व, तिरियापन; स्त्री-समुदाय, औरतें।

womanish a. स्त्रैण, स्त्री-सदृश, नारीवत्; (प्रायः अपशब्द) कापुरुष, निर्बल, स्त्रियों-जैसा।

womanishness n. स्त्रैणता, स्त्री-सदृशता, नारीवत्ता, जनानापन।

womanize v.t. & i. स्त्रैण बना देना, औरत बना देना, जनाना कर देना; स्त्री स्वभावका बनना; (पुरुषों-का) व्यभिचारी होना, वेश्यागामी होना, भोग-विलास करना, ऐयाशी करना, रण्डीबाजी करना।

womanizer n. व्यभिचारी, भोगी, विलासी।

womanless a. नारी-विहीन, स्त्री-विहीन।

womanlike n. स्त्रैण, स्त्रीवत्, स्त्रियोचित, औरतकी तरह।

womanliness n. स्त्रैणता, स्त्रीवत्ता, नारीसदृशता, स्त्री-सुलभता, नारी स्वभाव।

womanly a. स्त्रैण, स्त्रीवत्, नारी-सदृश, स्त्रियोचित, स्त्रीसुलभ, स्त्री-स्वभाव-सुलभ, औरतोंका, जनाना (~ *modesty, compassion*); मृदु, कोमल, स्निग्ध।

womb n. जरायु, गर्भकोष, गर्भाशय, गर्भस्थान, योनि, कोख, धरन, पेट, बच्चादानी; गड्ढा, खोह; fruit of the ~ सन्तान, सन्तति, बालबच्चे; *in the* ~ *of time* कालके गर्भमें, भविष्यमें।

wombat n. धानी ऋक्षक (आस्ट्रेलियाका एक थैलीदार जानवर), वाम्बट।

womby a. विस्तृत, विशाल, लम्बा-चौड़ा।

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

women दे० WOMAN.

won दे० WIN.

wonder[1] n. विचित्र प्रतिरूप, विचित्र वस्तु, अद्भुत वस्तु, अजूबा चीज (*child is a ~*); असामान्य व्यापार, असाधारण घटना; कौतुक, चमत्कार (*is a ~ of delicate workmanship*); विस्मय, आश्चर्य, अचम्भा, अचरज (*were filled with ~*); ~ candle माया-वर्ती, जादूकी मोमबत्ती; ~land विस्मय-लोक, परीलोक; ~-struck, -stricken विस्मयाहत, विस्मयमूक, आश्चर्यचकित, भौचक्का, हक्का-बक्का, हैरान; ~-worker ऐन्द्रजालिक, करामाती, जादूगर; असाधारण रूपसे सफल होनेवाला; *a nine day's ~* क्षणिक महत्त्वकी घटना, चार दिनकी चाँदनी फिर अँधेरा पाख; *did ~s* बड़ी सफलता पायी, कमाल कर दिया; *for a ~* आश्चर्यकी बात है; *what ~, it is no ~, no ~ that* इसमें कोई अचरजकी बात नहीं है; *work ~s* असामान्यरूपेण सफल होना, विलक्षणता दिखाना।

wonder[2] v. i. & t. आश्चर्यान्वित होना, आश्चर्य करना, चकित होना, विस्मित होना, ताज्जुब करना, अचम्भेमें पड़ना, हैरान होना (*shall never cease to ~ at it*); उत्सुक होना, व्यग्र होना, इच्छुक होना, जानना चाहना, हैरानी है कि (*~ why pain exists*)।

wonderer n. आश्चर्यकर्ता, चकित होनेवाला, विस्मित होनेवाला, ताज्जुब करनेवाला, हैरानीमें पड़नेवाला।

wonderful a. अपूर्व, असामान्य, असाधारण, आशातीत, अद्भुत, विलक्षण, आश्चर्यजनक, अप्रत्याशित, विस्मयकर, अनोखा, अजीब, वाह-वाह; प्रशंसनीय, निहायत बढ़िया, तारीफके लायक।

wonderfulness n. अपूर्वता, असामान्यता, असाधारणता, आशातीतता, अद्भुतता, आश्चर्यजनकता, अप्रत्याशितता, विस्मयकरता, अनोखापन, कमाल।

wonderment n. विस्मयाभिभूत अवस्था, विस्मयकारिता, आश्चर्यजनकता, ताज्जुब।

wondrous[1] a. आश्चर्यजनक, अद्भुत, विचित्र, अजीब, निराला; अति उत्कृष्ट, निहायत अच्छा।

wondrous[2] adv. अत्यधिक, अत्यन्त (*~ kind*); विस्मयजनक रूपसे, आश्चर्यजनक रूपसे।

wondrousness n. अद्भुतता, विलक्षणता, अपूर्वता, विचित्रता, आश्चर्यजनकता, विस्मयकारिता, चमत्कार-पूर्णता।

wonky a. अस्थिर, विचलित, ढुलमुल, डाँवाडोल; अवर, अश्रेष्ठ, तुच्छ, हीन, घटिया।

wont[1] n. रीति, रस्म, रिवाज (*according to ~*); अभ्यास, स्वभावगत बात, स्वभाव, आदत (*it is my ~ to*); use & ~ प्रथा, रीति, परम्परा, व्यवहार, रिवाज।

wont[2] v. aux. (*to do* के साथ) अभ्यस्त होना, आदी होना।

wont[3] a. अभ्यस्त, आदी (जैसे, *as he was ~ to say*)।

won't[4] = WILL NOT, WOULD NOT.

wonted attrib. a. स्वभावगत, अभ्यासगत, अभ्यासानुकूल, आदतके अनुकूल; अभ्यस्त, आदी; व्यावहारिक; (क्व०) प्रायिक, सामान्य, साधारण, स्वाभाविक, नित्यका, आम (*heard me with his ~ courtesy*)।

wontedness n. अभ्यास, स्वभाव, अभ्यासानुकूलता, आदत; प्रायिकता, सामान्यता, साधारणता, स्वाभाविकता, नित्यता।

woo v.t. प्रणय-प्रार्थना करना, प्रणय याचना करना, प्रीति चाहना, प्रेमोपासना करना; प्रेम-प्रदर्शन करना, प्रेम करना, इश्कबाजी करना; (*to* के साथ) मनाना, फुसलाना, राजी करना।

wood* n. कान्तार, कानन, अरण्य, अटवी, वन, जंगल (*came upon a clearing in the ~s*); काष्ठ, काठ, लकड़ी*, ईंधन; (*the* के साथ) शराबका पीपा; (बाँसुरी इत्यादि) काष्ठ-निर्मित वायु-वाद्य-यन्त्र; (गाल्फ खेलनेका) लकड़ीका डण्डा, वुड; (गुण०) काष्ठ-, लकड़ीका (*~-house*); (जन्तु) वन-, वन्य, जंगली (*~ owl, pigeon*); sweet ~ruff एक प्रकारका पौधा; ~apple कपित्थ, कैथ; बिल्व, बेल; ~bine, ~-bind मारवल्ली, मधुचूषक, एक जंगली लतर; ~chuck भूशूकर; ~cock भण्डुतित्तिर, वन-कुक्कुट, जंगली मुर्गा; ~craft वन-विद्या; वन-विहार-पटुता; काष्ठ-शिल्प; ~cut काष्ठ-चित्र, काष्ठ-फलक- चित्र; ~ cutter काष्ठछेत्ता, लकड़हारा; काष्ठ-चित्रकार; ~ lot अनु-वन; लकड़ीका ढेर; ~-louse वनयूका, काष्ठकृमि, लकड़ीका कीड़ा; ~man वनाध्यक्ष, वनाधिकारी, वनरक्षक, जंगलका दारोगा; आटविक, वनचारी, वनजीवी, लकड़हारा; ~-nymph वन-परी, वनदेवी, वन-देवता; ~ pavement (सड़कको) तख्तावन्दी; काष्ठ फलक, लकड़ीके तख्ते; ~pecker काष्ठकूट, दार्वाघाट, सुतार, कठफोड़ा, कठफोड़वा, हुदहुद; ~pine (चित्तीदार) कठफोड़वा, हुदहुद; ~-pigeon वन-कपोत, वन-पारावत, हारीत, हारिल, जंगली कबूतर; ~-pulp काष्ठगोर्द, काष्ठसार, लकड़ीका गूदा; ~ruff बिम्बखण्ड-कीला; मधुगन्धा (पौधा); ~sman वनवासी, वनचारी, जंगलमें रहनेवाला; ~ work काष्ठकर्म, काष्ठशिल्प; काष्ठनिर्मित वस्तुएँ; *cannot see ~ for trees* पत्तियाँ गिनते हैं पर पेड़ दिखायी नहीं देता; विस्तारमें जानेसे सामान्य रूपसे दिखायी पड़नेवाला तथ्य भी आँखसे ओझल हो जाता है; *don't halloo till you are out of the ~* समयके पहले यह मत समझो कि सब संकट दूर हो गये;

~ alcohol, ~ applicators, ~ ash, ~ avens, ~bark, ~-bind, ~-block, ~ borer, ~ box, ~ cell, ~ charcoal, ~craftsman, ~ depot, ~ distiller, ~-duck, ~ fibre, ~ flour, ~ hen, ~-hewer, ~ hyacinth, ~ ibis, ~-lark, ~ leopard moth, ~ mouse, ~-oil, ~-oil tree, ~ opal,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

 Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ parenchyma, ~ paving, ~ peat, ~ pile, ~ preservation, ~ preservation section, ~ print, ~ produce, ~ pulp, ~ quail, ~ ranger, ~refuse, ~ right, ~ rose,~ rush, ~ sandpiper, ~ screw, ~ shavings, ~shed, ~-shop, ~ shrike,~ snipe, ~ sorrel, ~ sour, ~ sower, ~ spirit, ~-stall, ~ strawberry, ~ structure, ~ sugar, ~ technologist, ~ technology, ~ tin, ~ transport, ~ vessel, ~ vinegar, ~ violet, ~-warbler, ~ wasp, ~ wax, ~wedges, ~-wind instrument, ~ wool, ~working, ~working machine, ~workshop, ~worm.

wooded a. सवृक्ष, वृक्षयुक्त, वृक्षावृत्त; काष्ठयुक्त, लकड़ीदार; वन्य, वनाच्छादित, वनबहुल (*~ area*)।

wooden a. काष्ठविनिर्मित, काष्ठनिर्मित, काष्ठ-, लकड़ीका, काठका (*~ articles, spoon*); निष्प्राण, प्राणहीन; अशोभन, भद्दा, बेढंगा (*~ motions*); अभिव्यक्तिरहित, अभिव्यंजनारहित (*~ stare*); रूखा (*~ manners*); ~ head मूर्खता, मूढ़ता, जड़ता, बुद्धूपन; ~-headed मूर्ख, मूढ़, जड़, बुद्धू, गावदी; ~-headedness मूर्खता, मूढ़ता, जड़ता, बुद्धूपन, गावदीपन; ~ walls युद्धपोत, जंगी जहाज।

woodenness n. कठोरता, कड़ापन, सख्ती; अशोभनता, भोंड़ापन, भद्दापन; निर्जीवता, जडता।

woodiness n. वनाकीर्णता, वनबहुलता; वृक्षाकीर्णता, वृक्षबहुलता; काष्ठमयता, काष्ठयुक्तता।

woodland n. वनभूमि, वनस्थली, वन, जंगल (*~ climate, crop*); the ~ choir गायक पक्षी।

woodless a. अरण्यहीन, वनविहीन, वनरहित; नितरु, बे पेड़का; काष्ठरहित, काष्ठशून्य, बिना लकड़ीका।

woody a. काष्ठमय, लकड़ीवाला; अरण्यमय, वनाकीर्ण, वनबहुल, तृणावृत, जंगलसे भरा; वृक्षाकीर्ण, वृक्षबहुल, तरुबहुल; (क्र०) वन्य, वनजात, जंगली; काष्ठीय, काष्ठमय (*~ tissue*)।

wooer n. प्रेमी, प्रणयी; प्रणय-प्रार्थी, प्रेमोपासक, प्रणय-याचक, प्रणयाकांक्षी, विवाहार्थी, परिणय-याचक, सगाई चाहनेवाला।

woof n. बाना, भरनी; वस्त्र, कपडा।

wool* n. मेषलोम, ऊर्णा, ऊन*, पशम; ऊर्णा-सूत्र, ऊन, ऊनी कपड़े; लोम, रोआँ; (हबशीके) घुँघराले बाल; ऊनजैसी वस्तुओंके प्रकार; ~-fell भेड़की ऊनसमेत खाल, ऊनदार चमड़ी; ~-gathering अवधान-रहित-(ता), अनवधान(ता), शून्यचित्त(ता), अन्यमनस्क(ता); निरर्थक कल्पना; ~-pack ऊनका गट्ठर; ~sack (सामन्तभवन या हाउस ऑव लार्ड्समें) ऊनकी गद्दी; ~-work ऊनकी कारीगरी; *better give the ~ than the whole sheep* सारा जाता देख आधा दीजै बाँट; *dyed in the ~* कातनेसे पूर्व रँगा हुआ; (ला०) पक्का, परले सिरेका, छँटा हुआ; *go for ~ and come home shorn* मूँड़ने गये थे, मुँड़वा कर आ गये, चौबे गये छब्बे होने दुब्बे होकर आये; *lose one's ~* गुस्से होना; *much cry & little ~* खोदा पहाड़ निकली चुहिया, टाँय-टाँय फिस्स; नाम बड़ा दर्शन थोड़ा, *pull ~ over one's eyes* झाँसा देना, धूल झोंकना;

~ backed, ~-ball, ~ black, ~ blue, ~ blueblack, ~ brilliant scarlet, ~ brown, ~ carding, ~ combing, ~ dark blue, ~ deep black, ~ development officer, ~ discharge, ~-dyed, ~ fast black, ~ fast blue, ~ fast brown, ~ fast orange, ~ fast violet, ~ fast yellow, ~ fat, ~-flock, ~ green, ~ grey, ~-growing, ~-laden, ~-lined, ~man, ~ navy, ~ navy blue, ~-oil, ~ orange, ~ press, ~ printing black, ~ printing violet, ~ red, ~ red-black, ~ scarlet, ~ shearer, ~ shears, ~skin, ~ sorter, ~ stock, ~ tape, ~ violet, ~ washer, ~ weaver, ~ winder, ~ yellow.

woold[1] n. (लपेटनेकी) रज्जु, रस्सी, डोर, डोरी।

woold[2] v.t. लपेटना, बाँधना, कसना।

woolder n. लपेटनेवाला, बाँधनेवाला, कसनेवाला।

woolding n. लपेटना, बाँधना, कसना।

wooled a. ऊर्णायुक्त, ऊर्णा-मिश्रित, ऊनी, ऊनका, ऊनवाला।

woollen[1] n. ऊर्णा-वस्त्र, ऊनी कपड़ा।

woollen[2] a. और्ण, ऊर्णामय, ऊनी, पशमी।

woollenette n. सूक्ष्म ऊर्णा वस्त्र, पतला ऊनी कपड़ा।

woolliness n. ऊर्णामयता, ऊनकी विशेषता; लोमशता, लोमयुक्तता, ऊनीपन; अस्पष्टता, अनुज्ज्वलता, धुँधलापन, फीकापन।

woolly[1] n. ऊनी वस्त्र (विशे० स्वेटर); ~-bear लोमश तितलीकी एक जाति।

woolly[2] a. ऊर्णामय, ऊर्णायुक्त, ऊनदार, पशमदार, ऊनी (*the ~ flock*); ऊर्णाभ, ऊन-जैसा, ऊनसा; रोमवत्, लोमश, बालदार, झबरा (*~ puppy, head*); अस्पष्ट, अव्यक्त, परिभाषा-विहीन, धुँधला, फीका; तीक्ष्णता-रहित, भोथरा; व्यग्र, भ्रान्तचित्त, उतावला, घबराया हुआ; (वन०) लोमयुक्त, रोएँदार; ~ voice भर्राई हुई आवाज।

word[1]* n. पद, शब्द*; वचन, कथन, वक्तव्य, भाषण, कथनी; भाषा, बोली, बोल (*honest in ~ & deed*); उक्ति, बात, कहनी; संवाद, संदेश, समाचार, इत्तला, खबर; वचन, आश्वासन, प्रतिज्ञा, वादा, कौल; आदेश, आज्ञा, हुक्म; big ~s अहंकार, अभिमानोक्ति; burning ~s उत्तेजक शब्द, जोशकी बात; high, hard, warm, hot, short, ~s क्रोधपूर्ण बात; the last ~ निष्कर्ष-शब्द, निर्णयात्मक शब्द; wild & whirling ~s असन्तुलित शब्द, बहकी बात; ~book शब्दाभिधान; ~-perfect कण्ठाग्र अभिने-

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

यांश; ~-picture शब्द-चित्र; ~-play शब्द-कौतुक, शब्दजाल, नोक-झोंक; ~-splitter शब्दोंका अतिसूक्ष्म विश्लेषक; ~-splitting अतिसूक्ष्म शब्द-विश्लेषण; *a ~ to the wise* अक्लमन्दको इशारा काफी; *a ~ with you* आपसे एक शब्द कहना चाहता हूँ; *bare ~s buy no barley* खाली बातोंसे पेट नहीं भरता; *be as good as* one's ~ वचन पूरा करना, बातका धनी होना; *by ~ of mouth* मौखिक रूपसे, जबानी; *eat* one's *~s* कथन प्रत्याहृत करना, अपने शब्द वापस लेना; दबकर क्षमा माँगना; *few ~s are best* थोड़ा बोलना अच्छा है; *give* person, *give, pledge, pass*, one's ~ वचन देना, वादा करना, कौल करना; *give* person one's *good ~s* सिफारिश करना; *hard ~s break no bones, fine ~s butter no parsnips, ~s are but wind* बातोंसे पेट नहीं भरता; *have a ~ with* संक्षिप्त वार्तालाप करना, दो-दो बातें करना; *in a* or *one ~* संक्षेपतः, संक्षेपतया; *keep* one's ~ वचन पालन करना, वादा पूरा करना; *pass* on's~ वचन देना, प्रतिज्ञा करना; *say a good ~ for* प्रतिवाद करना, हिमायत करना; प्रशंसा करना, सिफारिश करना; *take* one *at his ~* कथनमें विश्वास करना, बात सही मान लेना; *they had ~s* तूतू मैंमैं करने लगे, वे आपसमें झगड़े; *upon my ~* अपनी प्रतिष्ठाकी शपथ; मैं वचक देता हूँ; *waste ~s* बेकार बात करना;

~ association, ~base, ~ building, ~ catcher, ~craftsman, ~-deaf, ~ maker, ~man, ~ monger, ~mongering, ~ slinger, ~ slinging, ~ square.

word[2] v.t. शब्दोंमें व्यक्त करना या कहना।

wordage n. शब्दसंख्या।

worded a. शब्दाभिव्यक्त, शब्दोंमें गठा हुआ।

wordiness n. पदबाहुल्य, शब्दबहुलता, बहुशब्दत्व, वाग्जाल, शब्दाडम्बर; शब्दविस्तार, विस्तृत वर्णन।

wording n. शब्दरचना, पदविन्यास, शब्दयोजना, शब्दचयन; वाक्य-रचना; वर्णनशैली, भाषणशैली; शब्दावली।

wordless a. निःशब्द, शब्दहीन, मूक, वाणी-वंचित, अभिव्यक्ति-रहित, चुप, खामोश, बेजबान।

wordlore n. पदविज्ञान, शब्दविज्ञान, शब्दशास्त्र; पदविज्ञानानुशीलन, शब्दविज्ञानानुशीलन, शब्दशास्त्र-अध्ययन।

wordlorist n. पदविज्ञानाध्येता, शब्दविज्ञानानुशीलन-पर, शब्दशास्त्री।

wordy a. पदबहुल, पद-संक्रान्त, शब्दपूर्ण, शब्द-संक्रान्त, वाचनिक, शब्दाडम्बरपूर्ण; बहुवाक्य, वाक्यात्मक; विस्तृत, विस्तारपूर्ण; शाब्द, शाब्दिक, शब्दोंका, बातोंका।

wore WEAR[2/3] का भूत०।

work[1]* n. व्यापार, उद्योग, उद्यम, कर्म, कार्य, कृत्य, कार, काम*; धन्धा (*never liked, will do no,* ~); श्रम, मजदूरी (*do you want the ~ or the wages?*); प्रयत्न, आयास; (भौतिकी) ऊर्जा, शक्ति (*convert heat into ~*); सिद्धि, सफलता; निर्मित वस्तु, बनायी गयी चीज; सामग्री, सामान (*bring your ~ downstairs*); कौशल, कारीगरी; (साहित्यिक) ग्रन्थ, कृति, रचना; प्रभाव; नमूना; (धर्म, प्रायः pl. में) सुकर्म, पुण्य-कर्म, नेक काम; सूचिका-कर्म, सुईका काम, कसीदेका काम; किलेबन्दीका काम; क्लेश, कष्ट; अनुष्ठान; प्रबन्ध, सम्प्रबन्ध; (pl.) स्थापत्य, भवन-निर्माण, गृह-निर्माण; निर्माण-कार्य, निर्माण (*~ committee*); विभाग; (मशीनके) पुर्जे; (pl.) कर्मान्त, कार्यशाला, निर्माण-गृह, कारखाना; सज्जाकार्य, सजावटी काम (*covered with elaborate ~*); सजावटकी वस्तुएँ; internal ~ देहान्तरिक क्रिया; the ~s of God लीला, प्रकृति; ~s of mercy दान-पुण्यके कार्य; ~aday, ~ day ⊙ सामान्य, साधारण, व्यावहारिक, कारोबारी, काम-काजी (*this ~-a-day world*); ~-bag, ~-basket, ~-box (सीने-पिरोनेके कामका) थैला, टोकरी, सन्दूक; ~day कार्य-दिवस, कामका दिन; ~-house कर्मशाला, कारखाना; अनाथालय, दरिद्रालय; ~man कार्यचालक; कर्मकार, श्रमिक, श्रमजीवी, मजदूर; शिल्पी, शिल्पकार, मिस्तरी, कारीगर; ~manlike सुनिपुण शिल्पीवत्, अच्छे कारीगर-जैसा; ~manship रचना, निर्माण; कार्य-कौशल, शिल्प-कौशल, कारीगरी (*God's ~manship*); ~-people कर्मी, मजदूर या मजदूरनियाँ; ~shop कर्मशाला, शिल्पशाला, निर्माण-गृह, कारखाना, कठाल, वर्कशाप; ~woman संचालिका; कर्मकारिणी, स्त्री कर्मचारी, मजदूरनी; शिल्प-निपुण स्त्री, सूचीकर्म-दक्ष स्त्री, कारीगरनी; *a bad ~man quarrels with his tools* नाच न जाने आँगन टेढ़ा; *a good day's ~* सम्पन्न कार्य; *a ~ of art* कलाकृति; *all is the day's ~* सामान्य, साधारण, मामूली, रोजके कामका; *good wages, good ~* खरी मजूरी खासा काम; *if you want your ~ well done, do it yourself* आप काज महा काज, आप न मरिये स्वर्ग न जाइये; *make short ~ of* झटपट करना, तुरन्त पार होना; *set to ~* कार्यारम्भ करना, काममें लग जाना;

~ agent, ~bench, ~book, ~-centre, ~-charges, ~ curve, ~-driven, ~ expenditure, ~fellow, ~-function, ~girl, ~-hardened, ~-hardening, ~ horse, ~master, ~mistress, ~place, ~ register, ~room. ~s abstract, ~s central division, ~s committee, ~s cost, ~s expenditure, ~s expenses, ~ sheet, ~-shop accounts, ~shop attendant, ~shop division, ~shop drill, ~shop foreman, ~shop inspector, ~shop instructor, ~shop medical officer, ~shop staff, ~shop superintendent, ~-shy,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

~ slip, ~s oncost, ~s supervisor, ~-stained, ~stand, ~-table, ~-ticket, ~time, ~week, ~-worn.

work[2] v.t. & i. (*-ed, wrought*) उद्योग करना, उद्यम करना, काम करना, कार करना, धन्धा करना; श्रम करना, परिश्रम करना; प्रयत्न करना, कोशिश करना; कष्ट होना, पीड़ा होना; शिल्पी बनना, कारीगर बनना; कार्य-निर्वाह करना, काम चलाना, कार्यवाही करना, चालू रखना; चलना, चालू रहना (*pump does not ~*); काममें जोते रहना, मेहनतसे काम लेना (*~s his men too hard*); परिक्रमा करना, घूमना, चक्कर काटना (*handle, wheel, ~s freely*); संचालित करना, प्रबन्ध करना, व्यवस्था करना (*my partner ~s the northern zone*); नियन्त्रण करना, काबूमें रखना, कब्जा करना; फल देना, फलोत्पादन करना; प्रभाव डालना, असर करना (*the appeal wrought powerfully upon him*); उत्पन्न करना, निकालना (*wrought wonders, a change*); पूरा करना, लाना; सूचि-कर्म करना, सुईका काम करना, कढ़ाई करना, कसीदेका काम करना (*reads to them while they ~*); आदोलित होना, गतिशील होना, हिलना-डुलना, हरकत करना (*waves ~ to & fro*); जोश पैदा करना, जोश आना, तेजी आना, उबाल पैदा करना; (शा० एवं ला०) अशान्ति उत्पन्न करना; कठिनाईसे चलना, बढ़ना, खिसकना (*stockings, shirt, ~ down, up*); होना; चलाना; करना, बनाना; डगमगाते हुए चलना; समाधान करना, सुलझाना; (आटा आदि) गूँधना, सानना (*~ dough, clay, properly*); उत्तेजित करना, भड़काना; (गणित) प्रश्न करना, सवाल हल करना; मजदूरी करके यात्रा करना; *who ~s gets* खोजे सो पावे; *~ away* or *on* करते जाना, काम जारी रखना; *~ in* प्रवेश कराना, स्थान देना, खपाना; *~ off* शनैः-शनैः निस्सारित करना, निकालना (*~s off his bad temper on his servants*); ग्राहक लग जाना, बेच डालना; मुक्त होना, निपट जाना; *~ one's will* मनोरथ पूरा करना; *~ out* (गणना द्वारा) पड़ना, राशि आना, गणना करना, गिनती करना (*~s out at £ 6 a day*); प्रश्न करना, सवाल हल करना; (कामसे) सारी शक्ति ले लेना, बुरी तरह थका देना; कठिनाईसे प्राप्त करना, मुश्किलसे पाना (*~ out* one's *salvation*); सम्पन्न करना, निष्पन्न करना, निष्पादित करना, कार्य-परिणत करना, कार्य तैयार करना, बनाना, करना, सुलझाना; सम्पूर्ण करना, निःशेष करना, समाप्त करना; *~ up* (धीरे-धीरे) अच्छी स्थितिपर लाना; चरम सीमातक पहुँचना; शनैः-शनैः उत्तेजित करना, उभारना, भड़काना; नियुक्त करना, नियोजित करना, लगाना; अनुसन्धान करना; निःशेष करना, समाप्त करना।

workability, workableness nn. व्यवहार्यता, सम्पादनीयता, संचालनीयता, चलनशीलता; (धातु०) रूप्यता।

workable a. कार्ययोग्य, व्यवहार्य, करणीय, सम्पादनीय, संचालनीय, साध्य, प्रायोगिक; सुकृष्य (*~ soil*)।

worker n. कार्यकर्ता, कर्मी, कर्मकारी, कर्मचारी; श्रमिक, श्रमी, मजदूर, कमिया, कामगार; सेवक; wage *~* ⊙ मजदूरीपर काम करनेवाला; *~s'* union श्रमी संघ, कर्मी संघ।

working[1] n. कर्मकरण, कार्यकरण, श्रमकरण; कार्य, क्रिया, काम; परिचालन, कार्यसंचालन, प्रबन्ध, संप्रबन्धन, चलाना (*~ scheme*); (कानून) प्रवर्त्तन; गतिविधि, कार्यपद्धति (*the ~s of his face, conscience*); कार्य-फल, कार्य-परिणाम; खान, खदान; खनन; *~* committee कार्यसमिति, कार्यकारिणी समिति; *~* condition चलनावस्था; *~* expenses कार्य-व्यय, आवश्यक व्यय; *~*-out परिणाम-गणना, फलानुमान, अनुमान।

working[2] a. उद्योगी, सक्रिय, कार्यवाहक, कार्यकारी, कर्मकारी, कार्यशील, चालू, चलता (*~ agreement, capital*); कार्य, कर्मयोग्य, कामका (*~ cattle, day, hours*); *~* classes श्रमजीवी, श्रमिक वर्ग; हाथका काम करनेवाला।

workless a. बेकार, बेरोजगार।

world n. विश्व, पृथ्वी, लोक, भूलोक, संसृति, संसार, जगत्, दुनिया; इहजीवन, इहलीला, जीवनयात्रा, लौकिक जीवन, जिन्दगी; सांसारिक व्यवसाय, संसारी, दुनियाके धन्धे, दुनियाके रिश्ते (*forsake the ~*); ब्रह्माण्ड; बाह्य जगत्, बाहरी दुनिया; मानव-वर्ग, मनुष्य-जाति; पृथ्वी, पृथ्वी-जैसा लोक; सुविस्तृत भूभाग; जीवन-गति, जीवन-प्रवाह, जीवन-व्यापार, सांसारिक गतिविधि; लोकव्यवहार, जनरीति, दुनियादारी; रीति, ढंग; लोक, सामान्य जन, जन-साधारण, आम लोग (*what will the ~ say ?*); सांसारिक जीवन, लौकिक अवस्था; क्षेत्र, वृत्त, दायरा; बृहन्मात्रा, बड़ी संख्या (*a ~ of notes, faults*); man of the *~* अनुभवी, व्यावहारिक, दुनिया; Prince of this *~* शैतान; the great *~* ठाठदार लोगोंका समाज; the lower *~* नरक, रसातल; the New W*~* नयी दुनिया (उ० एवं द० अमरीका); the Old W*~* पुरानी दुनिया (एशिया, अफ्रीका और यूरोप); the other *or* next *~* मरणान्तर लोक; the *or* this *~* मर्त्यलोक, यह जीवन; the *~* of dreams स्वप्न-जगत्, स्वप्न-संसार, स्वप्नलोक; W*~* War विश्वयुद्ध; *~*-weary जीवन-विरक्त, खिन्न-जीवन, जीवन-क्लान्त, दुनियासे तंग; *~*-wide विश्वव्यापी, विश्वव्यापक, जगद्व्यापी; *all's right with the ~* सब कुछ ठीक चल रहा है; *begin the ~* जीवन-यात्रा आरम्भ करना; दुनियामें कदम रखना; *bring child into the ~* जनना, जन्म देना; *carry the ~ before* one शीघ्र सफलता पाना, जल्दी बढ़ जाना, आगे निकलना; *for all the ~* ठीक; *go to the ~* विवाह कर लेना, शादी हो जाना; *know the ~* अनुभवी होना, दुनिया

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

समझना; *take the ~ as it is* अपनेको संसारके अनुकूल बनाओ; *to the ~* पूरी तरहसे, बिल्कुल; *to the ~'s end* अनन्त, संसारके छोर तक;

~-beater, ~-consciousness, ~ maker, ~-power, ~ soil group, ~ tour, ~-weariness, ~-wide distribution.

worlded a. लोकमय, संसारयुक्त।

worldliness n. पार्थिवता, ऐहिकता, सांसारिकता; प्रपंच, लौकिकता, संसार-निष्ठा, इहलोकासक्ति, दुनियादारी; वैषयिकता, विषयासक्ति।

worldling n. प्रपंची, संसारी मनुष्य, दुनियादार आदमी; विषयी।

worldly a. पार्थिव, ऐहिक, लौकिक, इहलौकिक, संसारनिष्ठ, सांसारिक, संसारी, दुनियावी; वैषयिक, विषयाधीन, विषयासक्त; ~-minded ऐहिकबुद्धि, सांसारिक; ~-wise संसारज्ञ, व्यवहारज्ञानी, व्यवहार-कुशल, दुनियादार; ~ wisdom संसारज्ञान, व्यवहार-ज्ञान, व्यवहार-कुशलता, दुनियादारी।

worm[1]* n. सरीसृप, कीट, कृमि, कीड़ा*; नगण्य मनुष्य, क्षुद्र व्यक्ति, मामूली आदमी; सर्पिल वस्तु, पेचदार वस्तु; कृमि रोग; भ्रमि, पेच, चूड़ी; धुँआकश; खर्जु, खुजली; क्लेशदायक वस्तु, कष्टदायक पदार्थ; (कुत्तेकी जीभके नीचेका) बन्ध, नस; अनुताप, परिताप, पश्चात्ताप; ~-fishing बेंचुआ लगाकर किया गया मछलीका शिकार; ~-gear पेच-घेरा, दाँतेदार पहिया; ~-holed घुन लगा हुआ, कीड़ोंसे खाया हुआ; ~-screw सर्पिल या भ्रमी पेच; *am a ~ today* आज सत्त्वहीन हो रहा हूँ; *a ~ will turn* तंग करनेपर कीड़ा भी विद्रोह कर देगा; *I should ~* मुझे क्या पड़ी है, दूर ही रहना ठीक है;

~-cankered, ~-conveyer, ~-eaten, ~-feed, ~-gnawed, ~ hole, ~-ridden, ~ seed, ~ seed oil, ~-shaped, ~ shell, ~-~-tongued, ~ wheel, ~-worn.

worm[2] v.t. & i. (कपटसे) विश्वास प्राप्त करना, दिलमें जगह बना लेना; अग्रसर होना, प्रगति करना; रेंगना, रेंगकर रास्ता बनाना (*~ed himself or his way through the bushes*); धीरे-धीरे करना; (कपटसे) रहस्य जान लेना, कुरेद-कुरेदकर बात निकाल लेना, पेटमें पैठकर बातका पता लेना; (कुत्तेकी जीभके नीचेकी) नस काट देना; कीड़े निकाल फेंकना; *~ oneself into* घुसना, पैठना।

wormed a. कीट-दष्ट, कीट-भुक्त, कीड़ा लगा हुआ, घुन लगा हुआ।

worminess n. सकीटता, सघुणता, घुनदार होना।

worming n. विश्वास-प्रापण, पैठ, दिलमें जगह पाना; अग्रसरण, अग्रगमन; रेंगना।

wormwood n. सोमराज, नागदौन; कठोर आत्म-दमन, मनस्ताप; मनस्तापका कारण।

wormy a. कृमिमय, कृमिल, सकीट, सघुण, घुनदार।

worn a. WEAR[2] का भू० कृ०।

wornness n. दुर्वासता, दुर्वसनता, फटेहाली; जीर्णता, शीर्णता।

worried a. श्रान्त, परिश्रान्त, क्लान्त, परिक्लान्त, चिन्ता-कुल; व्यग्र, उद्विग्न, व्यथित, परेशान (*is much ~*)।

worrier n. परेशान करनेवाला; परेशान होनेवाला।

worriless a. निश्चिन्त, चिन्तारहित, बेफिक्र।

worriment n. व्यग्रता, उद्वेजकता, अशान्ति, चिन्ता, फिक्र, परेशानी ⊙; बाधा, कठिनाई, मुसीबत, दिक्कत।

worrisome a. क्लेशकर, कष्टकारक, चिन्ताप्रद, चिन्ता-प्रवण, चिन्ताजनक, विरक्तिजनक; कष्टप्रद, दुःखदायी ⊙।

worry[1] n. (प्रायः pl. में) विरक्ति, चिन्ताएँ, फिक्र, परेशानियाँ; अतिचिन्ता, विपत्ति, क्लेश, दिक्कत, परेशानी (*be prepared for the ~*); (शिकारी कुत्तोंका शिकारको) झँझोड़ना, झकझोरना, बार-बार खींचना; *if the ~ comes to the ~* यदि विपत्तिपर विपत्ति या चिन्ताके ऊपर चिन्ता आ पड़े।

worry[2] v.t. & i. विरक्त करना, क्लिष्ट करना, उत्तप्त करना, उद्विग्न करना, उद्वेजित करना, दिक करना या होना, परेशान करना, नाकमें दम कर देना, चिढ़ाना, चिढ़ना; चिन्ता करना, सोच करना, कुढ़ते रहना, फिक्र करना; (कुत्तोंका शिकार आदिको) झँझोड़ना, चीथना।

worse[1] n. निकृष्ट वस्तुएँ, बुरी चीजें या बातें; *have the ~* पराजित होना, हार खाना, बुरी होना; *for the ~* बुरीसे बुरी अवस्थाके लिए; *the ~* संघर्षमें पराजय, बुरी हार।

worse[2] a. दुष्टतर, अधिकतर खराब, बदतर; अधिक बुरी अवस्थामें, बदतर हालतमें (*is ~ today*)।

worse[3] adv. और बुरे ढंगसे, ज्यादा खराब ढंगसे, बुरी तरह; बुरी अवस्थामें।

worsen v.t. & i. अधिकतर मन्द करना, और खराब करना, अधिक बिगाड़ देना, बुरा करना, बदतर कर देना; बिगड़ना, खराब होना, बदतर होना।

worship[1] n. पूजन, भजन, अर्चा, अर्चना, आराधना, उपासना, पूजा, भक्ति (*public ~, place of ~*); आस्था, श्रद्धा; गुण, योग्यता; सत्कार, सम्मान, कद्र, इज्जत (*an object of ~*); man of ~ पूज्य व्यक्ति, सम्मान्य पुरुष; *win, have, ~* प्रतिष्ठित होना, ख्याति पाना।

worship[2] v.t. & i. अर्चना करना, आराधना करना, उपासना करना, पूजा करना, भक्ति रखना, पूजना; आस्था रखना, श्रद्धा रखना; सम्मान करना, समादर करना, कद्र करना, इज्जत करना (*~s the ground she treads on*)।

worshipable a. पूजार्ह, अर्चनीय, आराध्य, उपास्य, पूज्य, पूजनीय, मान्य, आदरणीय।

worshipful = WORSHIPABLE.

worshipfulness n. पूज्यता, अर्चनीयता, उपासनीयता, आराधनीयता, आदरणीयता, सम्मान्यता, समादरणीयता।

worshipper n. अर्चक, आराधक, उपासक, पूजक,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

पुजारी।

worst[1] n. सर्वाधिक बुरा भाग या लक्षण, दुष्टतम दशा, अधमतम अवस्था (*the ~ of the storm is over*): सर्वाधिक बुरी अवस्था, घटना इत्यादि; *do your ~* कर लो जो करना है; *have the ~* पराजित होना, नुकसान उठाना; *if the ~ comes to the ~* यदि भारी अकल्याण हो जाये, कितना ही बुरा हो जाये; *put to the ~* पराजित करना, हराना; बुरा करना।

worst[2] v.t. विजय पाना, जीतना, परास्त करना, हरा देना, मात देना; हटाना, भगाना।

worst[3] a. मन्दतम, नीचतम, निकृष्टतम, दुष्टतम, अधमतम, पापिष्ठ, सबसे बुरा।

worst[4] adv. मन्दतम अवस्थामें, अधम दशामें, बुरी अवस्थामें; नीचतासे।

worsted[1] n. और्णतन्तु, समूर्णा, ऊर्णा-सूत्र, ऊनी तागा, पशमी सूत (*~ socks*)।

worsted[2] a. ऊनी तागेका; विजित, थका माँदा, हारा।

wort n. शाक, पौधा, जड़ी-बूटी; अनाजका शीरा।

worth[1] n. अर्हा, मूल्य, मोल, दाम, कीमत (*of great, little, no, ~*); श्रेष्ठता, श्रेष्ठ गुण, उत्तमता, योग्यता, सारता, महत्त्व (*a person of ~*); माल (*give me a shilling's ~*); ~-while उचित, समयोचित, उपयुक्त, उपयोगी, कामका; *is little ~* (का०) किसी मूल्य या कामका नहीं; ~ one's *salt* (पारिश्रमिकके अनुरूप) काम करनेवाला।

worth[2] v.t. (प्रा०) हो, पड़े (*woe ~ the day*)।

worth[3] a. के मूल्यका, की कीमतका, के दामका (जैसे, *is ~ about 2/6*); योग्य, उपयुक्त, उचित, लायक (जैसे, *~ doing, notice*); पूरक, के बराबर; सम्पन्न, सम्पत्तिवान्, हैसियतवाला (जैसे, *is ~ a million*); *a bird in hand is ~ two in the nest* आधी छोड़ सारी को धावे, आधी मिले न सारी पावे।

worthiness n. अर्हता, योग्यता, सुपात्रता, गुणवत्ता, गुणशालिता; उपयुक्तता; यथेष्टता, पर्याप्तता।

worthless a. अनर्ह, अयोग्य, अकर्मण्य, व्यर्थ, गुणहीन, खराब, निकम्मा, बेकार; निष्प्रयोजन, निस्सार, असार, बेमतलब।

worthlessness n. अनर्हता, अयोग्यता, अकर्मण्यता, वैगुण्य, गुणहीनता, व्यर्थता, निकम्मापन, बेहूदगी।

worthy[1] n. आर्यजन, सज्जन, मानपात्र, योग्य व्यक्ति; (किसी देश या कालका) सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति।

worthy[2] a. श्रद्धेय, पूज्य, माननीय, सम्माननीय, आदरणीय, प्रतिष्ठित, कद्रके लायक (*has lived a ~ life*); यथेष्ट, अनुरूप, योग्य, पर्याप्त; बहुमूल्य, मूल्यवान्, मूल्यानुरूप, उचित, उपयुक्त (*in words ~ of the occasion*); अर्ह, योग्य (*is ~ to be remembered*); गुणवान, गुणशील, गुण-सम्पन्न।

wot दे० WIT.

would WILL का भूत० रूप।

would-be a. & adv. भावी, भविष्यत्, होनेवाला (*~ husband*)।

wouldst v. i. WILL का द्वितीय पुरुष भूतकाल।

wound[1]* n. व्रण, घात, उपघात, क्षत, घाव*, जख्म (*receive, inflict, make, heal, a ~*); मानसिक आघात, भावनाओंपर की गयी चोट; (काव्य) प्रेमकी पीड़ा; ~wort क्षतरोप, घाववूटी।

wound[2] v.t. आहत करना, आघात पहुँचाना, घाव करना, घायल करना, जख्मी कर देना; मानसिक आघात पहुँचाना।

wound[3] दे० WIND[2,1].

wounded a. विद्ध, व्रणित, आहत, विक्षत, घाववाला, घायल, जख्मी (*~ feelings*); जर्जरित, जर्जरीकृत, जर्जर।

wounder n. क्षतकर्ता, घाव करनेवाला, जख्म बनानेवाला।

wounding n. आहनन, उपहनन, क्षतकरण, घाव बनाना, जख्म बनाना।

woundless a. अनाहत, अनाघात, अनुपघात, अक्षत, क्षत-हीन, बिना घाववाला।

woundy a. क्षतमय, घाव-पूर्ण, जख्मी।

wove(n) WEAVE का भूत० तथा भू० कृ०; ~ mass जटाजूट पुंज।

wow[1] n. (रंगमंचीय) सफलता, सफल अभिनय; *it is ~* बढ़िया है।

wow[2] int. ओह !, अरे !, रे-रे ! वाउ ! (आश्चर्यद्योतक)

wowser n. कट्टर ईसाई; हठधर्मी।

wrack n. तीरण, (एक प्रकारकी समुद्री घास); विनाश, विध्वंस; पोतभंग; पोतका भग्नावशेष; = RACK[1]।

wrackful a. भग्न, टूटा-फूटा।

wraith n. पिशाच, यमदूत, (मृत्युके पूर्व या पश्चात् दिखायी पड़नेवाली) प्रेतात्मा।

wrangle[1] n. विवाद, वितण्डा, तू-तू मैं-मैं, तकरार, झगड़ा।

wrangle[2] v. i. वाक्कलह करना, वाग्युद्ध करना, वादविवाद करना, तू-तू मैं-मैं करना, झगड़ना।

wrangler n. विवादक, कलहकारी, वितण्डा खड़ा करनेवाला, बखेड़िया, हुज्जती; (केम्ब्रिज विश्व० में, गणितकी परीक्षामें) प्रथमश्रेणीमें उत्तीर्ण व्यक्ति।

wranglership n. (गणितकी परीक्षामें) प्रथमश्रेणीमें उत्तीर्ण होनेकी योग्यता या पद।

wranglesome a. विवादी, कलही, झगड़ालू, हुज्जती, लड़ाका।

wrangling १. n. वाक्कलह, वाग्युद्ध, वादविवाद, वितण्डा, झगड़ा, तू-तू, मैं-मैं, तकरार; २. a. कलही, झगड़ालू।

wrap[1] n. (प्रायः pl. में) शाल, दुशाला, चादर, रैपर; ओढ़ना, टँकन-, ओढ़नी; लबादा; गुलूबन्द।

wrap[2] v.t. & i. वेष्टित करना, आवेष्टित करना, परिवेष्टित करना, आवृत करना, आच्छादित करना,

CC-0. In Public Domain. UP State Museum, Hazratganj. Lucknow

Digitized by Sarayu Foundation Trust, Delhi and eGangotri. Funding:IKS

छाना; बाँधना, पैक करना (~ *it in paper, cotton, wool*); घेरना, छिपाना, बन्द करना, लपेटना, ओढ़ना, ढाँकना (*mountain ~ped in mist*); ऊपर चढ़ना (*edges should not ~*); ~ *up* शाल ओढ़ लेना, चादर या दुशाला ओढ़ लेना (*mind you ~ up well if you go out*)।

wrappage n. वेष्टन, बेठन, बस्ता; ओढ़ना, ओढ़ने-लपेटनेकी वस्तुएँ।

